CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंशपुराण भाषा टीका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंशपुराण भाषा टीका

"नारायणी"

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकाशक—
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
(प्राच्यभारती के प्रकाशक एवं वितरक)
३८ यू. ए., जवाहरनगर, बंगलो रोड
पो० बा० नं० २११३
दिल्ली ११०००७
दूरभाष : २३६३९१

प्रधान वितरक—
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे)
पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१
दूरभाष : ६३०७६

अन्य प्राप्तिस्थान—
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन
पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००

मुद्रक—
श्री जी मुद्रणालय
वाराणसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ श्रीः ॥

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

३०

****

श्रीहरिवंशपुराण भाषा टीका

"नारायणी"

श्रीपण्डितरामतेजपाण्डेयः

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., जवाहरनगर, बंगलो रोड, दिल्ली ११०००७

पो. बा. नं. २११३ दूरभाष : २३६३९१

ISBN 81-7084-036-8

सर्वाधिकार सुरक्षित

मूल्य ६०० रु. पत्राकार ५५० रु.

पुनर्मुद्रित १९९६

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंशविषयानुक्रमणिका

अध्याय	विषय	पत्र
	श्रीहरिवंशमाहात्म्य	
१	हरिवंशश्रवणमाहात्म्य, गोव्रतविधि	१२
२	हरिवंशश्रवणविधि तथा फल	१४
३	पुनः हरिवंशश्रवणविधि तथा फल	१८
४	नवाहव्रती श्रोताके पालने योग्य नियम तथा कथामें विघ्न डालनेवाली एक नारीकी नरकयातना	२०
५	हरिवंशनवाह्नपारायणका उद्यापन	२६
६	हरिवंश आरम्भ करनेके लिए उत्तम मास, तिथि तथा नक्षत्र	२९
७	सन्तानगोपालस्तोत्र	३३
	सन्तानगोपालमन्त्रविधि	
१	सन्तानगोपालमन्त्रविधि	४१
२	सन्तानगोपालमन्त्र	४२
३	प्रकारान्तरसे सनत्कुमारोक्त सन्तानगोपालमन्त्र	४३
४	मन्त्रसारोक्त सन्तानकर यन्त्र एवं नवाहपारायणक्रम	४५
४		

अध्याय	विषय	पत्र
	हरिवंश पर्व	
१	शौनक-उग्रश्रवासंवाद और आदिसृष्टिका वर्णन	५१ ५१
२	स्वायम्भुव मनुके वंश तथा दक्षकी उत्पत्ति	५५
३	दक्षप्रजापति द्वारा मरुतोंकी उत्पत्ति	५९
४	पृथूपाख्यान—राज्यका विभाजन और दिक्पालोंकी प्रतिष्ठा	६९
५	वेनका विनाश, पृथुका जन्म तथा चरित्र	७१
६	महाराज पृथु द्वारा पृथिवीदोहन	७६
७	मन्वन्तर, मनु, देवता और ऋषियोंका वर्णन	८०
८	चारों मन्वन्तरों, युगों और ब्रह्माके दिन तथा वर्षका मान	८६
९	वैवस्वत मनु, यम, यमी तथा शनिकी उत्पत्ति	८९
१०	वैवस्वत मनुके वंशजों तथा पुरूरवाका जन्म	९४
११	धुन्धुके वधका वृत्तान्त	९६
१२	महर्षि गालवकी उत्पत्तिका वृत्तान्त	१०१
१३	राजा त्रिशंकुकी कथा	१०२

अध्याय	विषय	पत्र
१४	सगरकी उत्पत्ति और समुद्रका सागर बनना	१०५
१५	आदित्य (सूर्य) वंशका वर्णन	१०७
१६	पितृकल्प तथा श्राद्धकल्पका वर्णन	११०
१७	पितृकल्प—मार्कण्डेय तथा सनत्कुमारका संवाद	११३
१८	पितृकल्प—श्राद्धफलवर्णन	११७
१९	पितृकल्प—भरद्वाजके पुत्रोंकी कथा	१२३
२०	पितृकल्प—चटकाख्यान (एक चिड़िया द्वारा शुक्रनीतिका वर्णन)	१२४
२१	मार्कण्डेय द्वारा श्राद्धकी महिमाका वर्णन	१३५
२२	पितृकल्प—शुचिवाक् पक्षीका स्वतंत्र आदि पक्षियोंको शाप देना और सुमना पक्षीका उन्हें शापमुक्त करना	१३८
२३	काम्पिल्य नगरमें ब्रह्मदत्त आदिके रूपमें हंसोंका जन्म और पितासे आज्ञा लेकर उनका मुक्त होना	१३९
२४	विभ्राजका ब्रह्मदत्तके पुत्ररूपमें उत्पन्न होना	१४२

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय विषय	पत्र
२५ चन्द्रमाकी उत्पत्ति, देवासुरसंग्राम तथा बुधका जन्म	१४४
२६ राजा पुरूरवाका चरित्र और इलातनयकी उत्पत्ति	१४८
२७ पुरूरवाके द्वितीय पुत्र अमावसुके वंशका वर्णन	१५२
२८ आयुके वंशका वर्णन	१५६
२९ कश्यप प्रजापतिके वंशका इतिहास	१५९
३० राजा नहुष तथा ययातिके वंशका वर्णन	१६५
३१ कुक्षेयुके वंशका वर्णन	१६९
३२ पूरुवंशकी परम्पराका वर्णन	१७३
३३ यदुवंशका वर्णन और कार्तवीर्यकी उत्पत्ति	१८१
३४ वृष्णिवंशका वर्णन तथा अक्रूर-वसुदेव आदिका परिचय	१८६
३५ श्रीकृष्णका अवतार और कालयवनका जन्म	१८९
३६ जनमेजयके वंशका वर्णन	१९१
३७ कुकुर (बभ्रु) वंशका वर्णन	१९३
३८ भजमानका वंश और स्यमन्तक मणिकी कथा	१९५
३९ स्यमन्तक मणिके लिए कृष्ण द्वारा शतधन्वाका वध	१९९
४० वराह, नृसिंह, परशुराम तथा श्रीकृष्णावतार-सम्बन्धी प्रश्नोत्तर	२०२

अध्याय विषय	पत्र
४१ योगेश्वर भगवान विष्णु तथा वराह-नृसिंहादि अवतारोंका वर्णन	२०७
४२ भगवानका ईश्वरत्ववर्णन तथा तारकामय संग्राम	२२०
४३ देवताओंसे युद्धके लिए तैयार दैत्यसेनाका वर्णन	२२३
४४ तारकामय संग्रामके लिए देवताओंकी तैयारी	२२५
४५ देवासुरसंग्राम तथा और्व अग्निकी उत्पत्ति	२२८
४६ देवताओंका दैत्योंको विफल करना	२३४
४७ कालनेमिके साथ देवताओंका युद्ध	२३८
४८ विष्णु द्वारा देवताओंको आश्वासन	२४३
४९ जनमेजयका वैशम्पायनसे विष्णुविषयक प्रश्न	२४९
५० पृथिवीके दुःखसे दुःखित ऋषियोंकी ब्रह्मलोकयात्रा	२५१
५१ भगवान् विष्णुका देवताओंसे वार्तालाप	२५४
५२ पृथिवीका विष्णुभगवान्‌को अपना दुःख सुनाना	२५७
५३ ब्रह्माकी आज्ञासे देवताओंका अंशावतार लेना	२६१
५४ नारद-विष्णुसंवाद	२६७
५५ पितामह ब्रह्माका उपदेश	२७४
विष्णुपर्व	
१ नारद-कंससंवाद	२८०
२ योगनिद्राके साथ वार्तालाप	२८२
३ आर्यास्तव	२८६

अध्याय विषय	पत्र
४ भगवान कृष्णका जन्म	२८९
५ श्रीकृष्णकी व्रजयात्रा	२९४
६ भगवान कृष्ण द्वारा शकटासुरका वध	२९६
७ भगवान द्वारा पूतनाका वध	२९८
८ यमलार्जुन भंग होनेकी कथा	२९९
९ श्रीकृष्णकी बाललीला एवं वृकदर्शन	३०२
१० श्रीकृष्णका वृन्दावनगमन	३०५
११ श्रीकृष्णका बलभद्रसे वर्षाऋतुका वर्णन	३०८
१२ श्रीकृष्णकी बाललीला एवं यमुनाकी शोभाका वर्णन	३११
१३ श्रीकृष्ण द्वारा कालिय नागका दमन	३१६
१४ संकर्षणजीके हाथों धेनुकासुरका वध	३१९
१५ श्रीकृष्ण द्वारा प्रलम्बासुरका वध	३२१
१६ एक गोपवृद्ध द्वारा इन्द्रोत्सवका प्रतिपादन	३२६
१७ श्रीकृष्ण तथा गोपोंका गोवर्धनोत्सव	३२७
१८ भगवान कृष्ण तथा गोपों द्वारा गोवर्धनपूजन	३३१
१९ भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन धारण	३३४
२० श्रीकृष्णका गोविन्दपदपर अभिषेक	३३९
२१ भगवान श्रीकृष्णकी रासलीला	३४६
२२ भगवान द्वारा अरिष्टासुरका वध	३४९

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय	विषय	पत्र
२३	श्रीकृष्णको लानेके लिए अक्रूरका प्रस्थान	३५१
२४	कंसके प्रति अन्धकका वचन	३५८
२५	केशीवधका वृत्तान्त	३६१
२६	व्रजमें अक्रूरका आगमन	३६७
२७	अक्रूर द्वारा नागलोकका वर्णन	३७०
२८	भगवान कृष्ण द्वारा कंसके धनुषका टूटना	३७५
२९	कंसकी उक्तियाँ	३७९
३०	भगवान कृष्ण द्वारा कुवलयापीडका वध	३८८
३१	श्रीकृष्ण द्वारा कंसका वध	३९१
३२	कंसकी स्त्रियोंका विलाप	३९८
३३	उग्रसेनका राज्याभिषेक और कंसका दाहसंस्कार	४०३
३४	श्रीकृष्ण और बलरामका गुरु सान्दीपनिके यहाँ विद्याध्ययन और गुरुदक्षिणामें गुरुके मृत पुत्रोंको लेकर लौटना	४०७
३५	मथुरापर जरासन्धकी चढ़ाई	४११
३६	जरासन्धके साथ श्रीकृष्णका विकट युद्ध	४१२
३७	जरासन्धका पलायन	४२०
३८	विकद्रुका भाषण एवं हर्यश्वचरित्र	४२३
३९	विकद्रु द्वारा यदुवंशवर्णन	४२८
४०	श्रीकृष्ण और बलरामके वक्तव्य	४३३
४१	श्रीकृष्ण-बलरामका गोमन्त पर्वतको प्रस्थान	४३९
४२	गोमन्त पर्वतपर जरासन्धका आगमन	४४२
४३	जरासन्धके साथ फिरसे युद्ध और गोमन्त पर्वतका दाह	४४७
४४	भगवानका करवीरपुरगमन	४५३
४५	राजा शृगालके वधका वृत्तान्त	४६०
४६	श्रीकृष्ण-बलरामका गोमन्तसे मथुरा लौटना	४६५
४७	बलराम द्वारा यमुनाका आकर्षण	४६६
४८	रुक्मिणीस्वयम्वरकी तैयारी	४७१
४९	सुनीथकी उक्तियाँ	४७४
५०	रुक्मिणीस्वयम्वर	४७८
५१	श्रीकृष्णके अभिषेकका वर्णन	४८३
५२	श्रीकृष्णका मथुराको प्रस्थान	४८९
५३	राजा शाल्वकी उक्तियाँ	४९४
५४	कालयवन-शाल्वसंवाद	४९८
५५	कालयवनकी उक्तियाँ	५०२
५६	कालयवनका मथुरा आगमन	५०३
५७	भगवान कृष्णका द्वारका प्रस्थान	५१२
५८	श्रीकृष्ण द्वारा कालयवनका वध	५१५
५९	द्वारकापुरीके निर्माणका वर्णन	५२०
६०	रुक्मिणीहरण	५२६
६१	रुक्मिणीपरिणय	५३२
६२	रुक्मीके वधका वृत्तान्त	५३५
६३	बलरामजीका माहात्म्य	५४०
६४	इन्द्रका द्वारका आगमन	५४१
६५	नरकासुरके वधका वृत्तान्त	५४४
६६	स्वर्गसे पारिजात वृक्षका हरण	५५१
६७	पारिजातहरणका वृत्तान्त	५५६
६८	सत्यभामाका प्रणयकोप	५६०
६९	भगवानका सत्यभामाको आश्वासन	५६४
७०	नारद-कृष्णका संवाद	५६९
७१	इन्द्रकी उक्तियाँ	५७२
७२	नारद-इन्द्रसंवाद	५७७
७३	नारदजीका स्वर्गसे द्वारका आगमन	५८१
७४	कश्यपकृत रुद्रस्तोत्र	५८५
७५	पारिजातके लिए कृष्ण और इन्द्रमें युद्ध	५९२
७६	भगवान कृष्ण द्वारा शिवजीकी स्तुति	५९९
७७	पारिजातका द्वारका आनयन	६०३
७८	पारिजातकी स्थापना	६०८
७९	पुण्यक विधिकी विवेचना	६११

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय	विषय	पत्र
८०	पुण्यकव्रतविधान	६१३
८१	पुण्यक व्रतके नियम	६१५
८२	उमाव्रतविधान	६२१
८३	उमाव्रतके विधानका उपसंहार	६२४
८४	षट्पुरके वधका वृत्तान्त	६२७
८५	भगवान कृष्णका षट्पुर प्रस्थान	६३०
८६	षट्पुरके युद्धमें अनेक राजाओंका वन्दी बनना	६३४
८७	षट्पुरका वध	६३९
८८	अन्धकासुरके वधका वृत्तान्त	६४४
८९	भगवान शंकर द्वारा अन्धकवध	६४९
९०	भगवान कृष्णका जलविहार	६५२
९१	छालिक्य संगीत	६५८
९२	निकुम्भवधका विवरण	६६५
९३	वज्रनाभकी उक्तियाँ	६७१
९४	प्रद्युम्न आदि यादवोंका वज्रपुर प्रस्थान	६७५
९५	प्रभावती-परिणयका विवरण	६८०
९६	प्रद्युम्न-प्रभावतीका विवाह	६८४
९७	प्रद्युम्नका भाषण	६८८
९८	वज्रनाभ दैत्यके साथ प्रद्युम्नका युद्ध	६९२
९९	प्रद्युम्न द्वारा वज्रनाभका वध	६९७
१००	इन्द्रके आदेशसे विश्वकर्मा द्वारा द्वारकापुरीका विशेष निर्माण	७००
१०१	भगवान कृष्णका द्वारका प्रवेश	७०५
१०२	श्रीकृष्णका सभाप्रवेश	७०८
१०३	नारदजीके द्वारा श्रीकृष्णका गुणगान	७०९
१०४	श्रीकृष्णकी सन्ततियोंका वर्णन	७१४
१०५	वृष्णिवंशकी वंशावली	७१७
१०६	शम्बरासुर द्वारा सूतिकागृहसे प्रद्युम्नका अपहरण	७१९
१०७	प्रद्युम्न द्वारा शम्बरकी सेनाका संहार	७२४
१०८	प्रद्युम्नको नारदका सुझाव और संकेत	७३०
१०९	प्रद्युम्न द्वारा शम्बरवध और मायावती मिलन	७३४
११०	मायावतीके साथ प्रद्युम्नका द्वारका आगमन	७३६
१११	वलराम द्वारा प्रद्युम्नको आह्निकस्तोत्रका उपदेश	७३९
११२	धन्योपाख्यान	७४६
११३	वासुदेवमाहात्म्य, श्रीकृष्णका ब्राह्मणवालककी रक्षाके लिए अर्जुनको भेजना	७५२
११४	वालककी रक्षा न होनेपर ब्राह्मण द्वारा तिरस्कृत अर्जुनका श्रीकृष्णके साथ उत्तर दिशाको प्रयाण	७५४
११५	वहाँसे भगवानका ब्राह्मणवालकका वापस लाना	७५६
११६	श्रीकृष्णार्जुनसंवाद	७५८
११७	श्रीकृष्णकी महिमाका संक्षिप्त वर्णन	७६०
११८	वाणासुरका शंकरजीसे युद्धवरकी याचना	७६२
११९	उषाकी विरहव्यथाका वर्णन	७६९
१२०	चित्रलेखाका द्वारका आगमन	७७३
१२१	वाणासुरके साथ अनिरुद्धका युद्ध	७८०
१२२	अनिरुद्ध द्वारा आर्या देवीकी स्तुति	७९५
१२३	श्रीकृष्णका शोणितपुरको प्रस्थान	७९८
१२४	श्रीकृष्णका त्रिशिरा ज्वरके साथ युद्ध	८०९
१२५	श्रीकृष्ण-ज्वरयुद्ध	८१२
१२६	श्रीकृष्णका शंकरजीके साथ युद्ध	८१६

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय	विषय	पत्र
१२७	श्रीकृष्ण-शिवयुद्ध	८१९
१२८	हरिहरात्मक स्तोत्र	८२३
१२९	कोटवी देवी द्वारा कार्तिकेयकी रक्षा	८२७
१३०	श्रीकृष्ण-बाणासुरयुद्ध और बाणासुरकी मुक्ति	८३०
१३१	शिवजीका बाणासुरको वरदान	८३८
१३२	उषाका अनिरुद्धके साथ विवाह	८४०
१३३	श्रीकृष्ण और अनिरुद्धका द्वारका गमन	८४२
१३४	उषाहरण-कथाकी समाप्ति तथा द्वारकामें उत्सव	८५०

भविष्यपर्व

अध्याय	विषय	पत्र
१	जनमेजयकी संतति और पाण्डववंशकी प्रतिष्ठा	८५६
२	जनमेजय-व्याससंवाद	८५७
३	व्यास द्वारा भविष्य (कलियुग) का वर्णन	८६१
४	व्यास द्वारा कलियुगका वर्णन	८६४
५	राजा जनमेजयके अश्वमेध यज्ञमें विघ्न	८६८
६	इस ग्रन्थके पठन-श्रवणकी महिमा	८७१
७	भगवान विष्णुकी महिमा	८७३
८	युगोंका परिमाण	८७५
९	पुष्करके प्रादुर्भावका प्रसंग	८७७
१०	एकार्णवमें भगवान और मार्कण्डेयका संवाद	८७८
११	नारायणकी नाभिसे कमलकी उत्पत्ति	८८४
१२	उस नाभिकमलका स्वरूप	८८५
१३	मधु-कैटभको ब्रह्माका वरदान और विष्णु भगवानके द्वारा उनका वध	८८६
१४	जगत्के सब प्राणियोंकी उत्पत्तिका वर्णन	८८९
१५	जनमेजय द्वारा महाभारतमें वर्णित कथाकी प्रशंसा	८९४
१६	सनातन ब्रह्मका वर्णन	८९५
१७	शुभाशुभ कर्मोंका फल	८९८
१८	सनातन जगत्का प्रमाण	९०४
१९	कर्मफलवर्णन	९०७
२०	ब्रह्माजीकी मानसी सृष्टिका वर्णन	९११
२१	क्षत्रयुगमें ज्ञानसिद्ध विप्रोंका वर्णन	९१३
२२	प्रकृत्यात्मक यज्ञादि स्वरूपोंका वर्णन	९१५
२३	ब्रह्माजीके महायज्ञका वर्णन	९१७
२४	ब्राह्मणोंके कर्मका वर्णन	९२१
२५	मधु दैत्यसे साथ विष्णु भगवानका युद्ध	९२२
२६	भगवान विष्णु द्वारा मधुका वध	९२३
२७	मधुके वधसे देवताओंमें प्रसन्नता	९२७
२८	देवताओंकी तपस्याका वर्णन	९३१
२९	देवताओंके शस्त्रोंका वर्णन	९३८
३०	समुद्रमन्थनवर्णन	९३९
३१	भगवानका वामनरूपसे बलिको छलना	९४२
३२	पुष्करके प्रादुर्भावका वर्णन	९४३
३३	वाराह भगवानके अवतारका वर्णन	९४८
३४	वाराह भगवान् द्वारा पृथ्वीका उद्धार	९५१
३५	वाराह भगवान द्वारा विभिन्न नदियोंका निर्माण	९५५
३६	जगत्की सृष्टिका वर्णन	९५८
३७	ब्रह्मा द्वारा सबको पृथक् पृथक् अधिकारदान	९६२
३८	देवासुरसंग्राममें हिरण्याक्ष द्वारा इन्द्रका स्तम्भन	९६५
३९	वाराह भगवान द्वारा हिरण्याक्षका वध	९६७
४०	वाराह भगवानका अन्तर्धान होना	९६९
४१	नृसिंहावतारकी कथा	९७१
४२	हिरण्यकशिपुका वैभव	९७७

८

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय	विषय	पत्र
४३	प्रह्लादको नृसिंहके शरीरमें त्रिलोकीका दर्शन	९७८
४४	दैत्यों द्वारा नृसिंह भगवानपर प्रहार	९७९
४५	नृसिंह भगवानका प्रताप	९८२
४६	नृसिंहके कोपसे दैत्योंमें खलबली	९८४
४७	नृसिंहके हाथों हिरण्यकशिपुका वध	९८९
४८	हिरण्यकशिपुके पदपर बलिका अभिषेक	९९२
४९	देवताओंसे युद्धके लिए दैत्योंकी तैयारी	९९४
५०	प्रह्लाद-शम्बरादि दैत्योंकी युद्धयात्रा	९९८
५१	राजा बलिका युद्धोद्योग	१०००
५२	इन्द्रादि देवताओंकी तैयारी	१००८
५३	देवासुरसंग्राममें सनकादिक मुनियोंका आगमन	१०१३
५४	देवासुरसंग्राममें सावित्र तथा ध्रुवकी पराजय	१०१६
५५	दैत्यसेनाके प्रमुख वीरोंकी पराजय	१०२१
५६	विरोचन और कुम्भज दैत्यका पराक्रम	१०३३
५७	वृत्रासुरका उत्कर्ष	१०३८
५८	सुधूम्राक्ष रुद्र तथा केशीमें युद्ध	१०४३
५९	काल तथा प्रह्लादका युद्ध	१०५०
६०	अनुह्लाद तथा कुबेरका तुमुल युद्ध	१०५७
६१	वरुणका विप्रचित्तिके साथ युद्ध	१०६२
६२	अग्नि द्वारा दैत्योंकी पराजय तथा बृहस्पति द्वारा अग्निदेवकी स्तुति	१०६५
६३	बलिके प्रति प्रह्लादके वचन	१०६८
६४	राजा बलिका देवसेनापर आक्रमण और इन्द्रका पलायन	१०७०
६५	बलिका इन्द्रपदपर अभिषेक	१०७२
६६	देवताओंका ब्रह्मलोकगमन	१०७४
६७	ब्रह्माजीकी आज्ञासे देवताओंकी तपश्चर्या	१०७७
६८	महर्षि कश्यप द्वारा परमात्माकी स्तुति	१०७९
६९	देवताओंको विष्णु भगवानका वरदान	१०८०
७०	वामन भगवानका अवतार	१०८२
७१	वामनका बृहस्पतिके साथ बलिके यज्ञमें जाना	१०८६
७२	वामन भगवानका बलिसे तीन पग भूमि माँगना	१०८७
७३	वामन भगवानका तीनों लोक नापना और बलिको बाँधना	१०९२
७४	श्रीकृष्णका कैलास जानेका विचार	११००
७५	बलराम आदिपर नगररक्षाका भार डालकर श्रीकृष्णकी कैलासयात्रा	११०३
७६	श्रीकृष्णका द्वारकासे चलकर पहले बदरिकाश्रम जाना	११०५
७७	वहाँपर ऋषियों द्वारा श्रीकृष्णका सत्कार	११०८
७८	श्रीकृष्णके पास भयभीत मृगोंका आना और भगवानका चिन्तित होना	१११०
७९	श्रीकृष्णके पास दो पिशाचोंका आना	१११२
८०	घण्टाकर्ण द्वारा श्रीकृष्णका अन्वेषण	१११४
८१	घण्टाकर्णको समाधिलाभ	१११६
८२	घण्टाकर्णको भगवानका साक्षात्कार	११२३
८३	घण्टाकर्ण द्वारा भगवानकी स्तुति	११२५
८४	घण्टाकर्णकी मुक्ति	११२८
८५	श्रीकृष्णकी कैलासयात्रा और तपस्या	११३१
८६	श्रीकृष्णके पास शिवजीका आगमन	११३३
८७	श्रीकृष्ण-शिवसमागम	११३५
८८	श्रीकृष्ण द्वारा शिवजीकी स्तुति	११३६
८९	शिवजीके द्वारा श्रीकृष्णकी स्तुति	११३९
९०	शिवजीका मुनियोंको कृष्णतत्त्वका उपदेश	११४३
९१	श्रीकृष्णका कैलाससे बदरिकाश्रम लौटना	११४५
९२	पौण्ड्रकके दर्पपूर्ण वचन	११४८
९३	पौण्ड्रक-नारदसम्वाद	११४९

९

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अध्याय	विषय	पत्र
९४	पौण्ड्रकका द्वारकापर आक्रमण	११५१
९५	यादवी सेना द्वारा पौण्ड्रककी सेनाका संहार	११५३
९६	पौण्ड्रक-सात्यकिसंवाद	११५५
९७	पौण्ड्रक-सात्यकियुद्ध	११५८
९८	सात्यकि और पौण्ड्रकका युद्ध	११६१
९९	एकलव्यकी सेनाका संहार	११६३
१००	बलदेव-एकलव्ययुद्ध	११६५
१०१	श्रीकृष्ण-पौण्ड्रकयुद्ध	११६६
१०२	श्रीकृष्णके हाथों पौण्ड्रकका वध	११६९
१०३	पौण्ड्रकवधकथाकी समाप्ति	११७१
१०४	हंस-डिम्भकोपाख्यान	११७३
१०५	हंस-डिम्भककी उत्पत्तिका वर्णन	११७३
१०६	हंस-डिम्भककी मृगया	११७५
१०७	मृगयावर्णन	११७७
१०८	हंस-डिम्भककी दुर्वासासे वार्ता	११७८
१०९	हंस-डिम्भक द्वारा दुर्वासाकी भर्त्सना	११८०
११०	हंसके लिए दुर्वासाके वचन	११८२
१११	यतियोंके साथ दुर्वासाका द्वारका जाना	११८४
११२	वहाँ दुर्वासाका भगवानसे सम्भाषण	११८५
११३	भगवानके यहाँ यतियोंका भोजन	११९०
११४	हंस द्वारा श्रीकृष्णके पास विप्रदूत भेजना	११९२
११५	विप्र जनार्दनकी द्वारकायात्रा	११९४
११६	विप्रदूतका भगवानसे मिलना	११९७
११७	दूतका भगवान कृष्णको हंसका मन्तव्य बताना	१२००
११८	भगवानका सात्यकिके प्रति सम्भाषण	१२०१
११९	सात्यकिका दूतके साथ जाकर हंसके समक्ष भाषण	१२०२
१२०	हंस-डिम्भककी दर्पपूर्ण उक्ति	१२०६
१२१	भगवान कृष्णकी पुष्करयात्रा	१२०८
१२२	हंस-डिम्भकका भी पुष्कर पहुँचना	१२०९
१२३	हंस-डिम्भकका यादवी सेनाके साथ संग्राम	१२११
१२४	श्रीकृष्णका उत्कर्ष	१२१३
१२५	हंस और बलभद्रमें युद्ध	१२१५
१२६	डिम्भक-सात्यकियुद्ध	१२१६
१२७	हिडिम्ब-वधवर्णन	१२१८
१२८	हंस और श्रीकृष्णका युद्ध	१२२२
१२९	हंस-वधवर्णन	१२२५
१३०	डिम्भकवधवर्णन	१२२६
१३१	श्रीकृष्ण-बलरामसे नन्द-यशोदाका मिलन	१२२७
१३२	भगवान कृष्णका द्वारका लौटना	१२२९
१३३	हरिवंशश्रवणविधि और फल	१२३०
१३४	त्रिपुरवधका वृत्तान्त	१२३७
१३५	हरिवंशकी अनुक्रमणिका	१२४२
१३६	ग्रन्थश्रवणफल	१२४४

इति हरिवंशस्थविषयानुक्रमणिका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ 'नारायणी'भाषाटीकासहितं--

सविधि श्रीहरिवंशमाहात्म्यं प्रारभ्यते

(सन्तानगोपालस्तोत्रं, सन्तानगोपालमंत्रजपविधिः, मन्त्रः, वन्ध्यानां पुत्रोत्पत्त्यर्थं सन्तानगोपालमन्त्रविधिरेतन्मंत्रयन्त्रं ग्रन्थपारायणक्रमश्च)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंश पुराण

श्री हरिवंश माहात्म्यं

(हरिवंश-श्रवणका माहात्म्य, नारीके पाँच दोष और हरिवंशश्रवणसे उनकी निवृत्ति, पाठके उत्तम, मध्यम आदि भेद तथा गोव्रतकी विधि) अन्तर्यामी नारायणस्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण, (उनके नित्य सखा) नरस्वरूप नरश्रेष्ठ अर्जुन, (उनकी लीला प्रकट करनेवाली) भगवती सरस्वती और (उन लीलाओंका संकलन करनेवाले) महर्षि वेदव्यासको नमस्कार करके जय (इतिहास-पुराण एवं महाभारत) का पाठ करना चाहिए ॥१॥ सत्यवतीके हृदयको आनन्दित करनेवाले उन पराशर-पुत्र व्यासजीकी जय हो, जिनके मुखारविन्दसे निकले हुए वाङ्मय अमृतका सारा जगत् पान करता है ॥ २ ॥ मैं अज्ञानरूपी तिमिररोग (रतौंधी) से अंधा हो रहा था, उस दशामें जिन्होंने ज्ञानरूपी अञ्जनको शलाकासे मेरे बुद्धिरूपी नेत्रको खोलकर उसमें ज्ञानका प्रकाश भर दिया है, उन श्रीगुरुदेवको नमस्कार है ॥ ३ ॥ जिससे यह अखण्ड मण्डलाकार चराचर जगत् व्याप्त है, उस परमात्माके पद

अथ सविधि हरिवंशमाहात्म्यम् ॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ कृतनित्यक्रियः शान्तो नित्यं सत्यपरायणः ॥ ब्राह्मणानग्रतः कृत्वा शूद्रानपि विभावयेत् ॥ पूर्वं नित्यक्रियाभ्यो निवृत्तो ब्राह्मणो वाचकं नत्वा माहात्म्यं शृणुयात् । वाचकोऽपि त्रैवर्णिकान् श्रावयेत् । ब्राह्मणानग्रतः कृत्वा आवाह्य शूद्रानपि श्रावयेत् । स्वयमनुष्ठानकर्ता यदि ब्राह्मणः पुत्राभिलाषी चेत् तर्हि अर्थानुसन्धानपूर्वकं पठेत् । नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ॥ देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥१॥ जयति पराशरसूनुः सत्यवतीहृदयनन्दनो व्यासः ॥ यस्यास्यकमलगलितं वाङ्मयममृतं जगत्पिबति ॥ २ ॥ अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया ॥ चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥३॥ अखण्डमंडलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ॥ तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ ४ ॥ जनमेजय उवाच ॥ त्वया मे भगवन्प्रोक्तो भारतश्रवणे विधिः ॥ श्रवणे हरिवंशस्य विशेषाद्वद मे विधिम् ॥ ५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ब्रह्मविष्णुमहेशानां हरिवंशं जगुर्वपुः ॥ शब्दब्रह्ममयं विद्धि हरिवंशं सनातनम् ॥ ६ ॥ शाब्दे ब्रह्मणि निष्णातः परब्रह्माधिगच्छति ॥ हरिवंशपुराणे तु श्रुते वै राजसत्तम ॥ ७ ॥ कायिकं वाचिकं पापं मनसा समुपार्जितम् ॥ तत्सर्वं नाशमायाति तमः सूर्योदये यथा ॥ ८ ॥ अष्टादशपुराणानां श्रवणाद्यत्फलं लभेत् ॥ तत्फलं समवाप्नोति वैष्णवो नात्र संशयः ॥ ९ ॥ स्त्रियश्च पुरुषाश्चैव वैष्णवं पदमाप्नुयुः ॥ जम्बूद्वीपं समाश्रित्य श्रोतारो दुर्लभाः कलौ ॥ १० ॥ भविष्यन्ति नरा राजन्सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥ स्त्रीभिश्च पुत्रकामाभिः श्रोतव्यं वैष्णवं यशः

(स्वरूप) का जिन्होंने साक्षात्कार कराया है, उन श्रीगुरुदेवको नमस्कार है ॥ ४ ॥ जनमेजय बोले—हे भगवन ! आपने मुझे महाभारत-श्रवणकी विधि बतायी । अब हरिवंश सुननेकी जो विधि हो, उसे विशेष रूपसे बताइए ॥ ५ ॥ वैशम्पायनजीने कहा—हे राजन् ! सभी ऋषि-मुनि हरिवंशको ब्रह्मा, विष्णु और महादेवजीका स्वरूप बताते हैं । तुम समझ लो कि हरिवंश सनातन शब्द-ब्रह्ममय है । इस शब्दब्रह्ममें निष्णात पुरुष परब्रह्म परमात्माको प्राप्त कर लेता है ॥ ६ ॥ हे नृपश्रेष्ठ ! हरिवंशपुराण सुन लेनेपर शरीर, वाणी और मनके द्वारा संचित किये हुए सारे पाप उसी तरह नष्ट हो जाते हैं, जैसे सूर्योदय होनेपर अन्धकार नष्ट हो जाता है ॥७॥ ॥ अठारह पुराणोंका श्रवण करनेसे जो फल मिलता है, उसीको विष्णुभक्त पुरुष केवल हरिवंश सुनकर प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं है ॥ ९ ॥ स्त्रियाँ और पुरुष इसे सुनकर भगवान विष्णुके धाममें जाते हैं । हे राजन् ! कलियुगमें जम्बूद्वीपका आश्रय लेकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रहनेवाले लोगोंमें इस ग्रन्थके श्रोता दुर्लभ हो जायँ गे, यह मैं सत्य-सत्य बता रहा हूँ ॥१०॥ पुत्रकी अभिलाषा रखनेवाली स्त्रियोंको भगवान् विष्णुके इस यशका श्रवण करना चाहिये। बालकोंकी हत्या करनेवाले पुरुषके पुत्र हो-होकर मर जाते हैं। ऐसे मनुष्यको विधिपूर्वक हरिवंश सुनना चाहिये ॥ ११ ॥ १२ ॥ जो गुरु, चन्द्रमा, अग्नि और सूर्यकी ओर मुँह करके पेशाब करता है अथवा वीर्य छोड़ता है, वह पुरुष जन्मान्तरमें वीर्यहीन (नपुंसक) हो जाता है ॥ १३ ॥ जो स्त्री फूलों और फलोंका नाश तथा बालकोंकी हत्या करनेवाली होती है, जो फलोंको काटती तथा बालकोंका माता-पितासे वियोग करा देती है, जो दूसरी स्त्रियोंके गर्भ गिरानेवाली और प्रायः ऐसी ही स्त्रियोंके सम्पर्कमें रहनेवाली होती है, इस तरहकी सारी स्त्रियाँ अपने पापोंके कारण पाँच प्रकारके दोषोंसे युक्त होती हैं—अपुष्पा (रजोदर्शनसे रहित), मृतवत्सा (जिसके बच्चे पैदा होकर मर जाते हों ऐसी), काकवन्ध्या (जिसके एक ही संतान होकर रह जाय, दूसरी संतति न हो वह) कन्याप्रजा (केवल कन्या पैदा करनेवाली) तथा स्रावयुक्ता (जिसका गर्भ ही गिर जाता हो, ऐसी) उन सभी स्त्रियों के दोषोंका निवारण

॥ ११ ॥ बालघाती च पुरुषो मृतवत्सः प्रजायते ॥ श्रवणं हरिवंशस्य कर्तव्यं च यथाविधि ॥ १२ ॥ गुरुचन्द्राग्निसूर्याणां सम्मुखे मेहते च यः ॥ बीजमुत्सृजते तेन त्यक्तरेता नरो भवेत् ॥ १३ ॥ योषित्पुष्पफलानां च बालानां घातिनी तथा ॥ फलानां कर्तनकरी मातृपितृवियोगिनी ॥ १४ ॥ स्राविणी परगर्भाणां तत्तत्प्रायोपजोषिणी ॥ ईदृग्विधा भविष्यन्ति पञ्चदोषयुताः स्त्रियः ॥ १५ ॥ अपुष्पा मृतवत्साश्च काकवन्ध्यास्तथैव च ॥ कन्याप्रजात्वं च तथा स्रावयुक्ताः स्वपातकैः ॥ १६ ॥ तासां दोषापहारार्थं हरिवंशोऽभिगर्जति ॥ मदीयश्रवणात्सद्यो दोषा नश्यन्ति सत्वरम् ॥ १७ ॥ नरः सुवर्णं सर्पिश्च पददानैः समन्वितम् ॥ दशावृत्तीः शृणोत्येवं बीजसाफल्यमाप्नुयात् ॥१८॥ दशावृत्तीरपुष्पार्थं मृतवत्सा तु सप्त वै ॥ पञ्चावृत्तीः स्रवद्गर्भा काकवन्ध्या त्रयं तथा ॥ १९ ॥ कन्याप्रसूश्चैकावृत्तिं श्रुत्वा पुत्रमवाप्नुयात् ॥ जीवितावधिकं श्राव्यं सर्वदोषोपशान्तये ॥ २० ॥ भविष्यं जन्म सम्प्राप्य न भवेत्तादृशी पुनः ॥ उत्तमं सार्थपाठं च मध्यमं च निरर्थकम् ॥ २१ ॥ विनार्थं शुद्धपाठश्चेदुत्तमेन समं भवेत् ॥ नवाहमुत्तमं प्रोक्तमेकविंशाहं मध्यमम् ॥२२॥ निकृष्टमेकत्रिंशाहं सुखसाध्यं समाचरेत् ॥ बहुभिर्दिवसै राजन्साध्यानां साधनं कलौ ॥ २३ ॥ तेन पारायणं

करनेके लिये हरिवंश गर्जता रहता है। वह कहता है, मेरा श्रवण करनेसे सारे दोष तत्काल नष्ट हो जाते हैं ॥ १४–१७ ॥ जो मनुष्य सुवर्णदान, घृतदान और पददानके साथ हरिवंशको दस बार सुनता है, उसका वीर्य सफल होता है ॥ १८ ॥ अपुष्पा अर्थात् रजोदर्शनसे रहित नारीके लिए दस आवृत्ति हरिवंश सुननेका विधान है। जिसके बच्चे पैदा होकर मर जाते हों, वह सात बार हरिवंश सुने। जिसके गर्भ गिर जाते हों, वह पाँच बार और जो काकवन्ध्या हो, वह तीन बार हरिवंशकी कथा सुने ॥ १९ ॥ केवल कन्या पैदा करनेवाली स्त्री एक ही आवृत्ति हरिवंशकी कथा सुनकर पुत्र प्राप्त कर सकती है। सम्पूर्ण दोषोंकी शान्तिके लिए जीवनभर हरिवंश सुनते रहना चाहिये, जिससे भावी जन्म पाकर वह फिर उन दोषोंसे युक्त न हो ॥ २० ॥ हरिवंशका पाठ उत्तम और मध्यमके भेदसे दो प्रकार का होता है। यदि अर्थसहित इसका पाठ या श्रवण किया जाय तो वह उत्तम है। बिना अर्थका पाठ मध्यम श्रेणीका माना जाता है ॥ २१ ॥ बिना अर्थके भी यदि शुद्ध पाठ किया जाय तो वह उत्तमके ही समान होता है। (दिनोंकी संख्याके भेदसे इसके पाठकी उत्तम, मध्यम और अधम तीन श्रेणियाँ हैं)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नौ दिनोंमें इसका पाठ हो तो वह उत्तम कहा गया है, इक्कीस दिनोंमें हो तो मध्यम माना गया है और इकतीस दिनोंमें हो तो उसे निकृष्ट श्रेणीका पाठ बताया गया है। जो भी सुगमतापूर्वक साध्य हो, वही पाठ करना चाहिये ॥ २२ ॥ हे राजन्! कलियुगमें बहुत दिनोंके प्रयत्नसे साध्य फलोंकी सिद्धि होती है। अतः नारायणस्वरूप व्यासजीने हरिवंशका यह पारायण साध्यरूप बताया है ॥ २३ ॥ कलियुगमें नवाह्पारायण और इक्कीस दिनोंका पारायण श्रोताके अभीष्टकी सिद्धि करनेके लिए गर्जना करता है। इकतीस दिनोंमें पूर्ण होनेवाला हरिवंश-पारायणयज्ञ नारीके वन्ध्यात्व-दोषका नाश करनेवाला है ॥ २४ ॥ हे राजन्! हरिवंश-कथाश्रवण आरम्भ करना हो तो पहले स्त्री और पुरुषको भी गोव्रत करना चाहिये। फिर व्रतके अन्तमें उसका पारण भी स्त्री और पुरुष दोनोंको करना चाहिये। इसकी विधि मैं तुम्हें यथावत् रूपमें बता रहा हूँ ॥ २५ ॥ इसका आरम्भ करके एक मास तक इस शुभ व्रतका अनुष्ठान करना उचित है। स्त्रीको चाहिए कि वह मनमें अत्यन्त प्रसन्न हो चतुर्थी तिथिको प्रातःकाल उठकर नियमपूर्वक गोव्रत आरम्भ करे। प्रातःकालसे सूर्यास्ततक

साध्यं प्रोक्तं नारायणात्मना ॥ नवाहो गर्जति कलौ चैकविंशाहिकस्तथा ॥ २४ ॥ एकत्रिंशाहिको यज्ञो बन्ध्यादोषविनाशकः ॥ गोव्रतं तु स्त्रिया कार्यं पारणं पुरुषेण च ॥२५॥ श्रवणारम्भणे राजन् यथावत्कथयामि ते ॥ अवसायान्तपर्यन्तं कार्यं मासव्रतं शुभम् ॥२६॥ चतुर्थ्यां प्रातरुत्थाय स्त्रिया हृष्टेन चेतसा ॥ गोव्रतं नियतं कार्यं निराहारं निरूदकम् ॥२७॥ सूर्यास्तकालपर्यन्तं यावद्ग्रामागमो भवेत् ॥ आगतां च सवत्सां हि पूजयित्वा यथाविधि ॥ २८ ॥ यवसं पुष्कलं दत्त्वा यवान्नं कुरुते स्वयम् ॥ एवं मासे चतुर्थ्यां सा शुक्लायां व्रतमाचरेत् ॥ २९ ॥ स्त्रीव्रतं कथितं राजन्पुरुषस्य तथैव च ॥ एवं मासव्रतं कृत्वा सुपुत्रं लभते ध्रुवम् ॥ ३० ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणादिविधिकथनं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ ते संप्रवक्ष्यामि नवाहश्रवणे विधिम् ॥ सहायैर्बहुभिश्चैव प्रायः साध्यो विधिस्त्वयम् ॥ १ ॥ दैवज्ञं तु समाहूय मुहूर्तं पृच्छय यत्नतः ॥ विवाहे यादृशं वित्तं तादृशं परिकल्प्य च ॥ २ ॥ नभस्यश्चाश्विनोर्जौ च मार्गशीर्षः शुचिर्नभः ॥ एते मासाः कथारम्भे श्रोतृणां कामसूचकाः ॥ ३ ॥ सहायाश्च त एवात्र कर्तव्याः सोद्यमाश्च ये ॥ देशे देशे तथा सेयं वार्ता प्रोच्या प्रयत्नतः ॥ ४ ॥ भविष्यति कथा

जबतक चरनेको गयी हुई गौएँ गाँवमें लौट न आयें, तबतक अन्न और जल ग्रहण नहीं करना चाहिए ॥ २६ ॥ २७ ॥ जब गौ द्वारपर आ जाय, तब बछड़ेसहित उसकी विधिवत् पूजा करके उसे प्रचुरमात्रामें घास-भूसा देकर स्वयं भी यवान्न ग्रहण करे ॥ २८ ॥ इस प्रकार किसी भी मासके शुक्लपक्षकी चतुर्थीको नारी यह व्रत आरम्भ करे और उसे एक मास तक निभाये। हे राजन्! इस तरह स्त्री और पुरुषके लिए यह व्रत बताया गया है। इसी प्रकार एक मास तक इसका आचरण करके मनुष्य निश्चय ही उत्तम पुत्र प्राप्त कर लेता है ॥ २९ ॥ ३० ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

(हरिवंशश्रवणकी विधि और फल) वैशम्पायनजी कहते हैं—हे राजन्! अब मैं तुम्हें हरिवंशके नवाह-श्रवणकी विधि बताऊँगा। यह विधि प्रायः बहुत-से सहायकोंकी सहायतासे ही सिद्ध होनेवाली है ॥ १ ॥ पहले यत्नपूर्वक ज्योतिषीको बुलाकर मुहूर्त पूछना चाहिये तथा विवाहके लिए जितने धनका प्रबन्ध किया जाता है, उतने धनकी व्यवस्था

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसके लिए करना चाहिए ॥ २ ॥ भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, आषाढ़ और श्रावण—ये छः मास कथा आरम्भ करनेमें श्रोताओंके लिए अभीष्टसिद्धिके सूचक हैं ॥ ३ ॥ इस कार्यमें उन्हीं लोगोंको सहायक बनाना चाहिए, जो उद्योगी हों। फिर प्रयत्न करके देश-देशान्तरों (विभिन्न स्थानों) में यह संदेश कहला देना चाहिए कि यहाँ कथा होगी, अतः आप सब सज्जनोंको सपरिवार पधारना चाहिए ॥ ४ ॥ भिन्न-भिन्न स्थानोंने हरिकीर्तनके लिए उत्सुक रहनेवाले जो विरक्त वैष्णव हों, उनके पास अवश्य निमन्त्रण-पत्र भेजना चाहिए। उस पत्रके लेखनकी विधि इस प्रकार बतायी गयी है—'हे महानुभावो! यहाँ नौ दिनों तक सत्पुरुषोंका समागम एवं सत्संगका सुअवसर रहेगा, जो सबके लिए परम दुर्लभ है (अतः आपलोग हरिवंश-कथामृतका पान करनेके लिए अवश्य पधारनेकी कृपा करें)' ॥ ५ ॥ ६ ॥ जो लोग आवें, उन सबके रहनेके लिए स्थानका यथोचित प्रबन्ध करे। कथाका श्रवण किसी तीर्थमें, वनमें अथवा अपने घरपर भी अच्छा माना गया है ॥ ७ ॥ जहाँ लम्बा-चौड़ा मैदान हो, वहीं कथास्थल बनाना चाहिए। उस भूमिका शोधन, मार्जन और लेपन करके रंग-बिरंगी धातुओंसे

चात्र आगन्तव्यं कुटुम्बिभिः ॥ देशे देशे विरक्ता ये वैष्णवाः कीर्तनोत्सुकाः ॥ ५ ॥ तेष्वेव पत्रं प्रेष्यं च तल्लेखनमितीरितम् ॥ सतां समाजो
भविता नवरात्रं सुदुर्लभः ॥ ६ ॥ आगन्तुकानां सर्वेषां वासस्थानानि कल्पयेत् ॥ तीर्थे वापि वने वापि गृहे वा श्रवणं स्मृतम् ॥ ७ ॥ विशाला
वसुधा यत्र कर्तव्यं तत्कथास्थलम् ॥ शोधनं मार्जनं भूमेर्लेपनं धातुमण्डनम् ॥ ८ ॥ गृहोपस्करमुद्धृत्य गृहकोणे निवेशयेत् ॥ कर्तव्यो मण्डपः
प्रोच्चैः कदलीस्तम्भमण्डितः ॥ ९ ॥ फलपुष्पदलैर्विष्वग्वितानेन विराजितः ॥ चतुर्दिक्षु ध्वजारोपस्तोरणेन विराजितः ॥ १० ॥ ऊर्ध्वं सप्तैव
लोकाश्च सप्ताधः परिकल्पयेत् ॥ तेषु विप्रा विरक्ताश्च स्थापनीयाः प्रबोध्य वै ॥ ११ ॥ पूर्वं तेषामासनानि कर्तव्यानि यथोत्तरम् ॥ वक्तुश्चापि
तथा दिव्यमासनं परिकल्पयेत् ॥ १२ ॥ उदङ्मुख भवेद्वक्ता श्रोता वै प्राङ्मुखस्तथा ॥ प्राङ्मुखोऽथ भवेद्वक्ता श्रोता चोदङ्मुखस्तथा ॥ १३ ॥
विरक्तो वैष्णवो विप्रो वेदशास्त्रविशारदः ॥ दृष्टान्तकुशलो धीरो वक्ता कार्यो दयान्वितः ॥ १४ ॥ वेदवेदान्ततत्त्वज्ञैर्गुरुभिर्ब्रह्मवादिभिः ॥ नृणां
कृतोपदेशानां सद्यः सिद्धिर्हि जायते ॥ १५ ॥ अथान्यजनसामान्यैर्गुरुभिर्नीतिकोविदैः ॥ नृणां कृतोपदेशानां सिद्धिर्भवति कीदृशी ॥ १६ ॥

वहाँ चौक पूरे ॥ ८ ॥ घरकी सारी सामग्री उठाकर एक कोनेमें रख दे और कथाके लिए एक ऊँचा मण्डप तैयार कराये, जो केलेके खम्भोंसे सुशोभित हो ॥ ९ ॥ उसे सब ओर फल, फूल, पल्लव और चँदोवेसे अलंकृत करे। चारों दिशाओंमें ध्वजारोपण करे। उस मण्डपमें सुन्दर फाटक लगाकर उसकी शोभा बढ़ावे ॥ १० ॥ उस मण्डपमें कुछ उँचाईपर सात विशाल लोकोंकी कल्पना करे और उनमें विरक्त ब्राह्मणोंको बुला तथा समझा-बुझाकर बैठाये। इसी प्रकार नीचे भी सात लोकोंकी कल्पना करे और उनमें साधारण जनताको बिठावे ॥ ११ ॥ पहले विरक्त ब्राह्मणोंके लिए उत्तमोत्तम आसनोंका प्रबन्ध करना चाहिए। फिर वक्ता (वाचक) के लिए दिव्य आसनकी व्यवस्था करे ॥ १२ ॥ जब वक्ताका मुँह उत्तरकी ओर रहे, तब श्रोताका मुख पूर्वकी ओर होना चाहिए और यदि वक्ताका मुख पूर्वकी ओर हो, तब श्रोताको उत्तराभिमुख होकर बैठना चाहिए ॥ १३ ॥ जो विरक्त, विष्णुभक्त, वेदशास्त्रविशारद, ज्ञातिका ब्राह्मण, भाँति-भाँतिके दृष्टान्त देकर ग्रन्थके भावको हृदयङ्गम करानेमें कुशल, धीर और दयालु हो, ऐसे पुरुषको ही वक्ता बनाना चाहिए ॥ १४ ॥ जिन मनुष्योंको वेद-वेदान्तके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होती है ॥१५॥ जो गुरु अन्य सामान्य लोगोंके समान ही नीतिकुशल हैं, उनसे जिन मनुष्योंको उपदेश तत्त्वज्ञ एवं ब्रह्मवादी गुरुओंसे उपदेश प्राप्त होता है, उन्हें तत्काल सिद्धि सुलभ प्राप्त होता है, उनको सिद्धि कैसे मिलेगी ? ॥१६॥ जो अनेक मत-मतान्तरोंके चक्करमें पड़कर भ्रान्त तथा चोर हों, स्त्रीलम्पट हों और पाखण्डकी बातें करते हों, ऐसे लोग यदि पण्डित भी हों तो उन्हें धर्ममय शस्त्र—इतिहास-पुराणकी कथा कहनेके लिए वक्ता न बनावे, उन्हें ऐसे कार्यसे दूर ही रक्खे ॥ १७ ॥ वक्ताके पास उसकी सहायताके लिए उसीकी योग्यताका एक और विद्वान् रक्खे । वह भी संशय-निवारण करनेमें समर्थ और लोगोंको समझानेमें कुशल होना चाहिए ॥ १८ ॥ वक्ताको उचित है कि वह कथा आरम्भ होनेसे एक दिन पहले क्षौर करा ले, जिससे व्रतका पूर्णतया निर्वाह हो सके । जब वक्ता और श्रोता दोनोंके चन्द्रबल ठीक हों और सुननेवाले दम्पतीके ग्रह एवं ताराबल भी अनुकूल हों, तब कथा आरम्भ करनी चाहिए ॥ १९ ॥ श्रोता अरुणोदयकालमें अर्थात् दिन निकलनेसे दो घड़ी पहले शौच आदिसे निवृत्त होकर विधिपूर्वक स्नान करे । प्रतिदिन मनको संयममें रखकर संक्षेपसे संध्या-

अनेकधर्मविभ्रान्ताः स्तेनाः पाखण्डवादिनः ॥ धर्मशास्त्रकथोच्चारैस्त्याज्यास्ते यदि पण्डिताः ॥ १७ ॥ वक्तुः पार्श्वे सहायार्थमन्यः स्थाप्यस्तथा-
विधः ॥ पण्डितः संशयच्छेत्ता लोकबोधनतत्परः ॥ १८ ॥ वक्त्रा क्षौरं प्रकर्तव्यं दिनादर्वाग्व्रताप्तये ॥ वक्तुः श्रोतुश्चन्द्रशुद्धौ दम्पत्योः शुभता-
रके ॥ १९ ॥ अरुणोदये विनिर्वर्त्य शौचं स्नानं समाचरेत् ॥ नित्यं संक्षेपतः कृत्वा संध्याद्यं प्रयतस्ततः ॥ २० ॥ सुक्षालितपाणिपादः स्वस्ति-
वाचनपूर्वकम् ॥ गोमयोपलिप्तदेशे सर्वतोभद्रकल्पनम् ॥ २१ ॥ स्वीयशक्त्यनुसारेण पूजनं सर्वमाचरेत् ॥ कथाविघ्नविनाशार्थं गणनाथं प्रपूजयेत्
॥२२॥ सलक्ष्मीपुत्रसहितं गोपालं स्थापयेत्ततः ॥ निर्विघ्नेनैव सिद्ध्यर्थं देवपूजनपूर्वकम् ॥२३॥ संकल्पं कुर्यात् ॥ अद्येहेत्यादि देशकालौ स्मृत्वा
अमुकगोत्रस्यामुकप्रवरस्यामुकशर्मणो मम जन्मनि जन्मनि सञ्चितमहापातकपटलनाशपूर्वकं तेन पापसञ्चयेन कृतसन्तानबाधकताविनाशपूर्वकमिह
जन्मनि संतानोत्पत्तिहेतवे तस्य संतानस्य शरदां शतमायुषो वृद्ध्यर्थमात्मनश्च सकलसुखाप्तिहेतवे इह शरीरशुद्ध्यर्थं परत्र (चेन्द्रादिलोकातिक्रमण-
पूर्वकं श्रीमद्विष्णुभक्त्युद्रेकजनितकल्पावधितल्लोकगमनतत्रवासपूर्वकतत्स्वरूपावाप्तिहेतवे) श्रीमद्धरिवंशपुराणश्रवणं करिष्यावहे ॥ अन्यतरकर्तृत्वे

वन्दन आदि करके हाथ-पैरोंको अच्छी तरह धोकर पहले ब्राह्मणोंसे स्वस्तिवाचन करावे । फिर गोबरसे लिपे-पुते स्थानपर सर्वतोभद्रमण्डलकी रचना करे और अपनी शक्तिके अनुसार सम्पूर्ण पूजनकर्म सम्पन्न करे । थाके विघ्नोंका निवारण करनेके लिए श्रीगणेशजीकी पूजा करे ॥२०–२२॥ तत्पश्चात् लक्ष्मी (रुक्मिणी) तथा (प्रद्युम्न आदि) पुत्रोंसहित गोपाल भगवान् श्रीकृष्णकी स्थापना करे । कथाकी निर्विघ्नतापूर्वक सिद्धिके लिए देवपूजनपूर्वक पत्नी और पुत्रसहित भगवान श्रीकृष्णकी पूजा करे ॥२३॥ इसके बाद निम्नाङ्कितरूपसे संकल्प करना चाहिए-आज यहाँ इत्यादिरूपसे वर्तमान देशकालका स्मरण करके यजमान यों कहें—अमुक गोत्र, अमुक प्रवर और अमुक नाम और जातिवाले मुझ सपत्नीक यजमानके जन्मजन्मान्तरोंमें संचित महापातकसमूहोंके नाशपूर्वक उस पापसंचयसे होनेवाली संतानबाधाका निवारण करके इस जन्ममें संतानोत्पत्तिके उद्देश्यसे और उस संतानकी आयु बढ़कर सौ वर्षोंकी हो जाय—इस अभिलाषासे अपनेको भी सम्पूर्ण सुखोंकी प्राप्ति हो—इस कामनासे इहलोकमें शरीरकी शुद्धिके लिए और परलोकमें इन्द्रादि लोकोंको लाँघकर भगवान् विष्णुकी भक्तिके उद्रेकसे सुलभ विष्णुलोकमें गमन और वहाँ एक कल्पतक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निवासपूर्वक अन्ततोगत्वा भगवत्स्वरूपकी प्राप्तिके लिए हम दोनों दम्पती यह कतोरूपसे हरिवंशपुराणका श्रवण करेंगे। यदि पति और पत्नीमेंसे कोई एक ही कथाश्रवणका कर्ता हो तो एकवचन 'करिष्ये' (करूँगा) ऐसा क्रियापद बोलकर संकल्प करना चाहिये। इस प्रकार संकल्प करनेके अनन्तर वेद-शास्त्रोंके अध्ययनसे सम्पन्न वक्ताका विधिपूर्वक पूजन करके उसका वरण करे ॥ २४ ॥ सोनेकी अंगूठी, विशेषतः दो सुवर्णमय कुण्डल, धोती, चादर, पगड़ी, सोलह पल सुवर्ण, फूल, पान, सुपारी और अक्षत लेकर शुद्ध चित्त हो निम्नाङ्कितरूपसे संकल्प बोलकर वक्ताका वरण करे ॥ २५ ॥ २६ ॥ (१) वरणका संकल्प इस प्रकार है—आज यहाँ इत्यादिरूपसे वर्तमान देश-कालका स्मरण करके यजमान यों कहे—हम दोनों दम्पती अमुकगोत्रवाले अमुक शर्मा ब्राह्मणका इन चन्दन ताम्बूल, सुवर्ण और वस्त्र आदि उपकरणों द्वारा हरिवंश सुनानेके लिए वाचक (व्यास) रूपसे वरण करते हैं। (२) फिर वाचक कहे—'मेरा वरण हो गया' उसके ऐसा कहनेपर—(३) यजमान 'व्रतेन दीक्षामाप्नोति दीक्षयाप्नोति दक्षिणाम्। दक्षिणा श्रद्धामाप्नोति श्रद्धया सत्यमाप्यते' अर्थात् 'साधक व्रतसे

करिष्ये इत्येवं संकल्पः ॥ इति कृत्वा तु संकल्पं वक्तारं वृणुयात्ततः ॥ श्रुताध्ययनसंपन्नं पूजयित्वा यथाविधि ॥ २४ ॥ सुवर्णमुद्रिकां गृह्य कुण्डले च विशेषतः ॥ धौतवस्त्रं सोत्तरीयं चोष्णीषेण समन्वितम् ॥२५॥ सुवर्णं षोडशपलं पुष्पताम्बूलसंयुतम् ॥ पूगीफलं चाक्षतान्वै गृहीत्वा शुद्धमानसः ॥ २६ ॥ (संकल्पः) अद्येहेत्यादि अमुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिश्चन्दनताम्बूलसुवर्णवस्त्रादिभिर्हरिवंशश्रवणे वाचकत्वेनावां दम्पती त्वां वृणीवहे। वृतोऽस्मीति तेनोक्ते॥ व्रतेन दीक्षामाप्नोतीति मन्त्रेण वक्तुर्दक्षिणकरमूले रक्षाबन्धनं कार्यम्॥ ब्राह्मणेन श्रोतॄणां च रक्षाबन्धनं कार्यम्।) चन्दनाद्युपचारैस्तु वस्त्रपुष्पाक्षतैस्तथा ॥ हेमालंकरणैः पूगैः फलैर्ऋतुसमुद्भवैः ॥ २७ ॥ पुराणपूजनं प्रोक्तं विधिना षोडशेन तु ॥ पूजयित्वा द्विज-श्रेष्ठाः श्रवणं फलदं स्मृतम् ॥ २८ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन श्रोतव्यं विधिपूर्वकम् ॥ अथ व्यासं नमस्कुर्युर्मन्त्रमेतमुदीरयेत् ॥२९॥ नमस्ते भगवन्व्यास सर्वशास्त्रार्थकोविद ॥ ब्रह्मविष्णुमहेशानमूर्ते सत्यवतीसुत ॥ ३० ॥ इति व्यासं नमस्कृत्य शुभे देशे कुशासने ॥ उपविश्य प्रतिदिनमुल्लसत्प्रीत-मानसः ॥ ३१ ॥ बालो युवाऽथ वृद्धो वा दरिद्रो दुर्बलोऽपि वा ॥ पुराणज्ञः सदा वन्द्यः पूज्यश्च सुकृतार्थिभिः ॥ ३२ ॥ नीचबुद्धिं न कुर्वीत

दीक्षाको पाता है, दीक्षासे दक्षिणाको और दक्षिणासे श्रद्धाको पा लेता है। फिर उस श्रद्धासे सत्यकी प्राप्ति होती है।' इस मन्त्रसे वक्ताके दाहिने हाथके मूलभागमें रक्षाबन्धन करे, तत्पश्चात् ब्राह्मणको श्रोताओंके हाथमें भी रक्षाबन्धन करना चाहिये। (४) तदनन्तर चन्दनादि उपचारों तथा वस्त्र, पुष्प, अक्षत, सुवर्णमय आभूषण, सुपारी और ऋतुफल आदिसे षोडशोपचारकी विधि द्वारा पुराणका पूजन करना आवश्यक बताया गया है ॥ २७ ॥ श्रेष्ठ ब्राह्मणोंकी पूजा करके हरिवंशका श्रवण करना अभीष्ट फलदायक माना गया है। इसलिये सर्वथा प्रयत्न करके विधिपूर्वक इसका श्रवण करना चाहिए ॥ २८ ॥ तदनन्तर सभी श्रोता व्यासको नमस्कार करें। उस समय यजमान इस मन्त्रका उच्चारण करे—'समस्त शास्त्रोंके अर्थको जाननेवाले, ब्रह्मा-विष्णु-शिवस्वरूप, सत्यवतीनन्दन भगवान् व्यास! आपको नमस्कार है ॥२९॥३०॥ इस प्रकार व्यासको नमस्कार करके सुन्दर और पवित्र स्थानमें कुशासन-पर बैठकर प्रतिदिन उल्लासपूर्ण तथा प्रसन्नचित्तसे कथा श्रवण करे ॥ ३१ ॥ पुराणज्ञ पुरुष बालक हो या जवान, बूढ़ा हो या दरिद्र एवं चाहे दुर्बल हो, पुण्यकी इच्छा रखनेवाले मनुष्योंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिए वह सदा बन्दनीय एवं पूजनीय होता है ॥ ३२ ॥ जिसके मुखसे निकली हुई वाणी देहधारियोंके लिए कामधेनुके तुल्य है, उस पुराणवेत्ता विद्वान्‌के प्रति कभी नीचबुद्धि न करे ॥ ३३ ॥ जगत्‌के मनुष्योंके लिए जो जन्मसे और गुणोंकी शिक्षा देनेके कारण गुरु हैं, पुराणका विद्वान् उन सबका भी परम गुरु है ॥ ३४ ॥ कोटि सहस्र जन्मोंमें बारंबार उत्पन्न होकर कष्ट पानेवाले जीवको जो पुराणकथा सुनाकर पुण्यवृत्ति प्रदान करता है, उससे श्रेष्ठ गुरु दूसरा कौन है ? ॥ ३५ ॥ जो पुराणोंका ज्ञाता, पवित्र, जितेन्द्रिय, शान्त, मात्सर्यरहित, साधु और दयालु हो, वही विद्वान् वक्ता पुराणोंकी पुण्यकथा कहे ॥ ३६ ॥ पुराणवेत्ता द्विज जब व्यासासनपर आरूढ़ हो जाय, तबसे कथा-प्रसंगकी समाप्तितक वह दूसरे किसीको नमस्कार न करे ॥ ३७ ॥ जो धूर्त हों, जो दुराचारी हों तथा जो तर्कसे हरानेकी इच्छा रखकर आये हों, उन कुटिल वृत्तिवाले मनुष्योंके सामने कभी कथा न कहे ॥ ३८ ॥ जो स्थान दुर्जनोंसे भरा हो, शूद्रों और हिंसक जन्तुओंसे आवृत हो, वहाँ और अपवित्र गृहमें विद्वान् पुरुष कभी पुराणोंकी पवित्र कथा न कहे ॥ ३९ ॥ सज्जनोंसे भरे हुए अच्छे ग्राममें, उत्तम क्षेत्रमें, देवताके

पुराणज्ञे कदाचन ॥ यस्य वक्त्रोद्गता वाणी कामधेनुः शरीरिणाम् ॥ ३३ ॥ गुरवः सन्ति लोकस्य जन्मतो गुणतश्च ये ॥ तेषामपि च सर्वेषां पुराणज्ञः परो गुरुः ॥ ३४ ॥ भवकोटिसहस्रेषु भूत्वा भूत्वा च सीदति ॥ यो ददाति पुण्यवृत्तिं कोऽन्यस्तस्मात्परो गुरुः ॥ ३५ ॥ पुराणज्ञः शुचिर्दान्तः शान्तोऽपि जितमत्सरः ॥ साधुः कारुण्यवान्वाग्मी वदेत्पुण्यकथां सुधीः ॥ ३६ ॥ व्यासासनसमारूढो यदा पौराणिको द्विजः ॥ आसमाप्तेः प्रसंगस्य नमस्कुर्यान्न कस्यचित् ॥ ३७ ॥ ये धूर्ता ये च दुर्वृत्ता ये चान्ये विजिगीषवः ॥ तेषां कुटिलवृत्तीनामग्रे नैव वदेत्कथाम् ॥ ३८ ॥ न दुर्जनसमाकीर्णे न शूद्रश्वापदावृते ॥ देशे नापूतसदने वदेत्पुण्यकथां सुधीः ॥ ३९ ॥ सद्ग्रामे सुजनाकीर्णे सुक्षेत्रे देवतालये ॥ पुण्ये नदनदीतीरे वदेत्पुण्यकथां सुधीः ॥ ४० ॥ ईदृशाद्वाचकाद्राजञ्छ्रुत्वा फलमवाप्नुयात् ॥ ऐहिकामुष्मिकं शर्म पुण्यं पुत्रादिसिद्धिदम् ॥ ४१ ॥ महापापादिशमनं पुराणं हरिवंशकम् ॥ योऽयं पुत्रादिसिद्ध्यर्थं हरिवंशं जितेन्द्रियैः ॥ ४२ ॥ शृणुयात्सर्वभावेन पुण्यं पापप्रणाशनम् ॥ ४३ ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणादिविधिकथनं नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जपाद्धि श्रवणं प्रोक्तं हरिवंशस्य सूरिभिः ॥ पितॄन्संतर्प्य शुद्ध्यर्थं प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥ १ ॥ सुमण्डपश्च कर्तव्यं

मन्दिरमें तथा नदों और नदियोंके पावन तटपर विद्वान् वक्ता इस पुण्यकथाका उपदेश करे ॥ ४० ॥ हे राजन् ! ऐसे वाचकसे कथा सुनकर मनुष्य अभीष्ट फलको पा लेता है । हरिवंश-पुराण इहलोक और परलोकमें भी कल्याणकारी, पुण्यदायक, पुत्र आदि अभीष्ट वस्तुओंकी सिद्धि देनेवाला तथा बड़े-बड़े पाप आदिका शमन करनेवाला है ॥ ४१ ॥ जितेन्द्रिय पुरुषोंको पुत्र आदिकी प्राप्तिके लिए हरिवंशका सहारा लेना चाहिए । इस पुण्यदायक और पापनाशक पुराणको पूर्ण श्रद्धा और एकाग्रताके साथ सुनना चाहिए ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

(हरिवंशश्रवणकी विधि और फल) वैशम्पायन कहते हैं—हे राजन् ! विद्वान् पुरुषोंने जपसे हरिवंशश्रवणकी श्रेष्ठता बतायी है । पहले पितरोंका तर्पण करके आत्म-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शुद्धिके लिए प्रायश्चित्त करे ॥ १ ॥ उत्तम मण्डप बनावे और उसमें श्रीहरिकी स्थापना करे। फिर भगवान् श्रीकृष्णके उद्देश्यसे मन्त्र द्वारा क्रमशः पूजाविधि सम्पन्न करे ॥ २ ॥ पूजाके अन्तमें प्रदक्षिणा और नमस्कार करके इस प्रकार स्तुति करे—'हे करुणानिधे! मैं इस संसारसमुद्रमें डूबा हुआ हूँ। मुझे कर्मरूपी ग्राहने पकड़ रखा है। आप मुझ दीनको इस भवसागरसे उबार लीजिये ॥ ३ ॥ तदनन्तर धूप-दीप आदि सामग्रियोंसे षोडशोपचारकी विधिके अनुसार प्रयत्नपूर्वक श्रीहरिवंशकी भी पूजा करनी चाहिये ॥ ४ ॥ तदनन्तर पुस्तकके आगे श्रीफल (नारियल) रखकर नमस्कार करे और उस समय प्रसन्नचित्तसे अनन्यभावपूर्वक इस प्रकार स्तुति करे ॥ ५ ॥ 'हे नाथ! मैंने इस भवसागरमें पुत्रकी प्राप्तिके लिए आपकी शरण ली है। हे केशव! मेरे इस मनोरथको किसी विघ्नबाधाके बिना ही आप सब प्रकारसे सफल करें। मैं आपका दास हूँ' ॥ ६ ॥ ७ ॥ इस प्रकार दीन वचन सुनाकर वक्ताको वस्त्र और आभूषणोंसे विभूषित करके उसका पूजन करे और पूजनके पश्चात् उसकी इस प्रकार स्तुति करे—॥ ८ ॥ 'हे व्यासस्वरूप महानुभाव! आप समझानेकी कलामें निपुण और समस्त शास्त्रोंके विशेषज्ञ

तत्र स्थाप्यो हरिस्तथा ॥ कृष्णमुद्दिश्य मन्त्रेण चरेत्पूजाविधिं क्रमात् ॥ २ ॥ प्रदक्षिणानमस्कारान्पूजांते स्तुतिमाचरेत् ॥ संसारसागरे मग्नं दीनं मां करुणानिधे ॥ ३ ॥ कर्मग्राहगृहीतोऽहं मामुद्धर भवार्णवात् ॥ ततः श्रीहरिवंशस्य पूजा कार्या प्रयत्नतः ॥ ४ ॥ विधिना षोडशेनैव धूपदीपसमन्विता ॥ ततस्तु श्रीफलं धृत्वा नमस्कारं समाचरेत् ॥ ५ ॥ स्तुतिः प्रसन्नचित्तेन कर्तव्या केवलं तदा ॥ स्वीकृतोऽसि मया नाथ पुत्रार्थं भवसागरे ॥ ६ ॥ मनोरथो मदीयोऽयं सफलः सर्वथा त्वया ॥ निर्विघ्नेनैव कर्तव्यो दासोऽहं तव केशव ॥ ७ ॥ एवं दीनवचः प्रोक्त्वा वक्तारं चाथ पूजयेत् ॥ संभूष्य वस्त्रभूषाभिः पूजांते तं च संस्तवेत् ॥ ८ ॥ व्यासरूप प्रबोधज्ञ सर्वशास्त्रविशारद ॥ एतत्कथाप्रकाशेन मदज्ञानं विनाशय ॥ ९ ॥ तदग्रे नियमः पश्चात्कर्तव्यः श्रेयसे मुदा ॥ नवरात्रं यथाशक्त्या धारणीयः स एव हि ॥ १० ॥ वरणं पञ्चविप्राणां कथाभङ्ग-निवृत्तये ॥ कर्तव्यं तैर्हरेर्जाप्यं द्वादशाक्षरविद्यया ॥ ११ ॥ संतानगोपालमंत्रो महारुद्रजपस्तथा ॥ पूजनं पार्थिवस्यैव गणनाथमनोर्जपः ॥ १२ ॥ ब्राह्मणान्वैष्णवांश्चान्यांस्तथा कीर्तनकारिणः ॥ नत्वा संपूज्य दत्ताज्ञः स्वयमासनमाविशेत् ॥ १३ ॥ लोकवित्तधनागारसर्वचिन्तां व्युदस्य च ॥ कथाचित्तः शुद्धमतिः स लभेत्फलमुत्तमम् ॥ १४ ॥ दम्पती शुद्धमनसौ श्रद्धाभक्तिसमन्वितौ ॥ श्रद्धैव सर्वधर्माणां मातेव हितकारिणी ॥ १५ ॥

हैं। इस हरिवंशकी पावन कथाको कहकर आप मेरे अज्ञानको दूर कीजिए।' तदनन्तर वक्ताके आगे अपने कल्याणके लिए प्रसन्नतापूर्वक नियम ग्रहण करे और यथाशक्ति नौ दिनोंतक निश्चय ही उसका पालन करे। कथामें कोई विघ्न न पड़े, इसके लिए पाँच ब्राह्मणोंका वरण करना चाहिए और उन ब्राह्मणोंको द्वादशाक्षर मन्त्र (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय) का जप, संतानगोपालमन्त्रका जप, महारुद्रमन्त्रका जप, पार्थिवपूजन तथा गणेशमन्त्रका जप करना चाहिये ॥ ९-१२ ॥ इसके बाद वहाँ उपस्थित ब्राह्मणों, वैष्णवों तथा कीर्तन करनेवाले अन्य लोगोंको भी नमस्कार करके उनकी पूजा करे और उनसे आज्ञा लेकर स्वयं श्रोताके आसनपर बैठे ॥ १३ ॥ जो पुरुष लोक, सम्पत्ति, धन और घर आदिकी सारी चिन्ता छोड़कर शुद्ध बुद्धिसे केवल कथामें ही मन लगाये रहता है, उसे उत्तम फलकी प्राप्ति होती है ॥ १४ ॥ कथा सुननेवाले पति-पत्नी शुद्ध हृदयसे श्रद्धा और भक्तिके साथ कथा सुनें।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब धर्मोंमें श्रद्धा ही माताके समान हितकारिणी होती है। श्रद्धासे ही मनुष्योंको इहलोक और परलोकमें सिद्धि प्राप्त होती है। श्रद्धापूर्वक आराधना करनेवाले पुरुषको शिला भी अभीष्ट फल देनेवाली हो जाती है ।।१५।।१६।। मूर्ख भी यदि भक्तिभावसे पूजित हो तो वह ज्ञानदाता गुरु हो जाता है। इसी प्रकार किसी मन्त्रका भी यदि श्रद्धापूर्वक सेवन (जप) किया जाय तो वह फलदायक हो जाता है ।।१७।। यदि देवताकी श्रद्धापूर्वक पूजा की गयी हो तो वह नीच पुरुषको भी वर प्रदान कर देता है। अश्रद्धासे की हुई पूजा, दान, यज्ञ, तप और व्रत—ये सभी दुपहरियाके फूलकी भाँति निष्फल हो जाते हैं ।। १८ ।। जो सर्वत्र संशययुक्त, श्रद्धाहीन और अत्यन्त चञ्चल होता है, वह परमार्थसे भ्रष्ट होकर संसार-बन्धनसे मुक्त नहीं हो पाता ।। १९ ।। मन्त्र, तीर्थ, ब्राह्मण, देवता, ज्योतिषी, औषधि और गुरुके विषयमें जैसी जिसकी भावना रहती है, उसे वैसी ही सिद्धि प्राप्त होती है ।। २० ।। यह सारा विश्व भावमय है। पुण्य और पाप भी भावसे ही होते हैं। जो भावसे हीन है, उसे पुण्य और पाप दोनों कभी नहीं प्राप्त होते । अतः हे राजन्! सम्पूर्ण हृदयसे श्रद्धा और भक्तिका आश्रय लेना चाहिये

श्रद्धयैव च नृणां सिद्धिर्जायते लोकयोर्द्वयोः ।। श्रद्धया भजतः पुंसः शिलाऽपि फलदायिनी ।। १६ ।। मूर्खोऽपि पूजितो भक्त्या गुरुर्भवति ज्ञानदः ।। श्रद्धया भजतो मन्त्रस्त्वसद्योऽपि फलप्रदः ।। १७ ।। श्रद्धया पूजितो देवो नीचस्यापि वरप्रदः ।। अश्रद्धया कृता पूजा दानं यज्ञस्तपो व्रतम् ।। १८ ।। सर्वं निष्फलतां याति पुष्पं बन्धुतरोरिव ।। सर्वत्र संशयाविष्टः श्रद्धाहीनोऽतिचञ्चलः ।। १९ ।। परमार्थात्परिभ्रष्टः संसृतेर्न हि मुच्यते ।। मंत्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ ।। २० ।। यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी ।। अतो भावमयं विश्वं पुण्यपापं च भावतः ।। २१ ।। ते उभे भावहीनस्य न भवेतां कदाचन ।। तस्मात्सर्वात्मना राजञ्छ्रद्धाभक्ती समाश्रयेत् ।। २२ ।। आसूर्योदयमारभ्य सार्धं त्रिप्रहरार्धकम् ।। वाचनीया कथा सम्यग्धीरकंठं सुधीमता ।। २३ ।। कथाविरामः कर्तव्यो मध्याह्ने घटिकाद्वयम् ।। ततः कथाऽनुकार्या वै कीर्तनैश्च परैस्तदा ।।२४।। एवं श्रुत्वा विधानेन सर्वान्कामानवाप्नुयात् ।। २५ ।। इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणादिविधिकथनं नाम तृतीयोऽध्यायः ।। ३ ।।

वैशम्पायन उवाच ।। नवाहव्रतिनां पुंसां नियमाञ्छृणु सत्तम ।। एककालाशनश्चैव अधःशायी भवेन्नरः ।।१।। स्थातव्यं ब्रह्मचर्येण यावद्ग्रंथः

।। २१ ।। २२ ।। बुद्धिमान् वक्ताको उचित है कि वह सूर्योदयसे लेकर साढ़े तीन प्रहरतक मध्यम स्वरसे अच्छी तरह कथा बाँचे ।। २३ ।। दोपहरके समय दो घड़ीतक कथा बन्द रखे। कथा बन्द होनेपर वैष्णव पुरुषोंको उस बीचमें कथानुसारी कीर्तन करना चाहिए । इस प्रकार विधिपूर्वक कथा सुनकर मनुष्य अपनी सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त करे ।। २४ ।। २५ ।। इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ।। ३ ।।

(नवाहव्रती श्रोताओंके पालन करने योग्य नियम, उनके द्वारा त्याज्य वस्तुओंका उल्लेख, न्यायविरुद्ध कथा श्रवण करनेवालोंकी दुर्गति, कथामें विघ्न डालनेके कारण एक नारीको नरकयातना एवं राक्षसयोनिकी प्राप्ति तथा श्रोताओंके चौदह भेद) वैशम्पायन कहते हैं—हे साधुशिरोमणे! नवाहकथा श्रवणका व्रत लेनेवाले पुरुषोंके लिए जो आवश्यक नियम हैं, उन्हें बताता हूँ, सुनो। व्रती पुरुष एक समय भोजन करे और नीचे भूमिपर सोये ।। १ ।। जबतक ग्रन्थ समाप्त न हो जाय, तबतक ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए रहना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चाहिये। हे राजन्! हे भरतश्रेष्ठ! हरिवंशकी प्रत्येक पारणामें यथावत् रूपसे दुग्धनिर्मित चरुके भोजनका विधान है॥ २॥ कथाके समय मल-मूत्रके वेगको काबूमें रखनेके लिये हल्का भोजन करना सुखद होता है। अतः कथा सुननेकी इच्छा रखनेवाले पुरुषको एक बार हविष्यान्न भोजन करना चाहिये। शक्ति हो उपवास करके अथवा केवल घी अथवा दूध पीकर सुखपूर्वक कथा सुने। इससे काम न चले तो फलाहार अथवा एक समय भोजन करके कथा सुननी चाहिये॥३–५॥ तात्पर्य यह है कि जिससे जो नियम सुगमतापूर्वक निभ सके, वह उसीको कथा सुननेके लिये ग्रहण करे। मैं तो उपवासकी अपेक्षा हल्के भोजनको ही श्रेष्ठ मानता हूँ, यदि वह कथा-श्रवणमें सहायक हो सके॥६॥ यदि उपवाससे कथामें विघ्न पड़ता हो तो वह अच्छा नहीं बताया गया है। जो इस कथाको सुने, वह सदा पवित्र हो एकाग्र-चित्तसे सुननेके लिए बैठे॥ ७॥ श्रोता स्त्री-पुत्रोंके साथ प्रातःस्नान आदि कर्म करके पहले भगवान् कृष्णकी पूजा करे। तत्पश्चात् इस पुराणको सुने॥ ८॥ अभीष्ट फलकी इच्छा रखनेवाला श्रोता श्रद्धापूर्वक अर्पित किये हुये पुष्प, धूप, फल और उत्तम नैवेद्यके द्वारा गुरुकी

समाप्यते॥ हरिवंशे तथा राजन्पायसं चरुभोजनम्॥ २॥ पारणे पारणे यातं यथावद्भरतर्षभ॥ मलमूत्रजयार्थं हि लघ्वाहारः सुखावहः॥ ३॥ हविष्यान्नेन कर्तव्यमेकवारं कथार्थिना॥ उपोष्य नवरात्रं वा शक्तिश्चेच्छृणुयात्तदा॥ ४॥ घृतपानं पयःपानं कृत्वा वा शृणुयात्सुखम्॥ फलाहारेण वा श्राव्यमेकभुक्तेन वा पुनः॥ ५॥ सुखसाध्यं भवेद्यत्तु कर्तव्यं श्रवणाय तत्॥ भोजनं तु वरं मन्ये कथाश्रवणकारकम्॥ ६॥ नोपवासो वरः प्रोक्तो कथाविघ्नकरो यदि॥ शृणुयाद्यः शुचिस्तिष्ठन्नेकचित्ततया सदा॥ ७॥ प्रातः स्नानादिकं कृत्वा पुत्रदारसमन्वितः॥ पुराणश्रवणं कुर्यात्कृष्णपूजनपूर्वकम्॥ ८॥ पुष्पधूपफलैः सम्यङ् नैवेद्यैः श्रद्धयोद्धृतैः॥ गुरोः शुश्रूषणं तेन कर्तव्यं फलकाङ्क्षिणा॥ ९॥ श्रुत्वा यथेच्छया शौचं कार्यं पुण्येन वर्त्मना॥ सायंकाले गुरुश्रेष्ठं तोषयित्वा सबान्धवः॥ १०॥ स्वपरिग्रहमङ्गेन सुखं स्वपिति वै तदा॥ नियमादि प्रकर्तव्यं पापानां विनिवर्तने॥ ११॥ यथासुखं व्यवहरेन्नित्यं विष्णुपरायणः॥ शुचिः शुद्धमनास्तिष्ठन्पत्रावल्यां च भोजनम्॥ १२॥ कथासमाप्तौ भुक्तिं च कुर्यान्नित्यं कथाव्रती॥ द्विदलं मधु तैलं च गरिष्ठान्नं तथैव च॥१३॥ भावदुष्टं पर्युषितं जह्यान्नित्यं कथाव्रती॥ वृन्ताकं च कलिङ्गं च दग्धमन्नं मसूरिकाम्॥ १४॥ निष्पावानामिषाद्यं च वर्जयेच्च कथाव्रती॥ पलाण्डुं लशुनं हिङ्गुं मूलकं गृञ्जनं तथा॥ १५॥ नालिकामूलकूष्माण्डं

पूजा करे॥ ९॥ कथा सुननेके पश्चात् अपनी इच्छाके अनुसार सायंकाल पवित्र मार्गसे शौचसम्बन्धी कार्य सम्पन्न करे। फिर बन्धु-बान्धवों सहित सेवामें उपस्थित हो गुरुश्रेष्ठ व्यासको सतुष्ट करके अपनी स्त्रीके साथ घर जाकर पृथक् आसनपर सुखपूर्वक सोये। पापोंके निवारणके लिये शौच-संतोष आदि नियमों और ब्रह्मचर्य आदि यमोंका दृढ़ताके साथ पालन करना चाहिये। नित्य-निरंतर भगवान् विष्णुके चिन्तनमें तत्पर रहकर वह सुखपूर्वक पूर्वोक्त नियमोंका पालन करे॥ १०॥ ११॥ कथाका व्रत लेनेवाला पुरुष पवित्र एवं शुद्ध-चित्त रहकर कथा सुने और प्रतिदिन कथा समाप्त होनेपर पत्तलमें भोजन करें॥ १२॥ कथा-श्रवणकालमें दाल, मधु, तेल, गरिष्ठ अन्न, भावदूषित पदार्थ और बासी अन्नको कथाव्रती पुरुष सर्वथा त्याग दे॥ १३॥ बैंगन, कलिंग (तरबूज), जला हुआ अन्न, मसूर, निष्पाव (लोबिया या सेम) तथा मांस आदिको कथाव्रती अवश्य त्याग दे॥ १४॥ प्याज,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मूल (जमीन के अन्दर पैदा होनेवाले कंद, आलु, अरवी आदि) और कुम्हड़ा—इन सबको कथा सुननेका व्रत लेनेवाला पुरुष
लहसुन, हींग, मूली, गाजर, नालिका (नाड़ीका शाक), दूर कर दे ॥ १६ ॥ वह वेद, वैष्णव, ब्राह्मण, गुरु, गोसेवक,
कदापि न खाय ॥ १५ ॥ कथाव्रती पुरुष काम, क्रोध, मद, मान, मत्सर, लोभ, दम्भ, मोह तथा द्वेषको अपने मनसे
स्त्री, राजा और महापुरुषोंकी निन्दाको सर्वथा त्याग दे ॥ १७ ॥ कथाव्रती रजस्वला स्त्री, अन्त्यज (चाण्डाल आदि), म्लेच्छ, पतित, गायत्रीहीन द्विज, ब्राह्मणद्रोही तथा वेदको
न माननेवाले पुरुषोंसे बात न करे ॥ १८ ॥ नियमसे कथाका व्रत लेनेवाले पुरुषको सत्य, शौच, दया, मौन, सरलता तथा विनयका पालन करना चाहिये और अपने हृदयको उदार
बनाये रखना चाहिये ॥ १९ ॥ जो श्रद्धा और भक्तिसे सम्पन्न हो, दूसरे किसी कार्यकी लालसा न रखते हुए पवित्र, मौन और शान्त भावसे कथा सुनते हैं, वे पुण्यके भागी होते हैं ।
जो अधम मनुष्य भक्तिभावसे रहित होकर इस पुण्य कथाको सुनते हैं, उन्हें कभी पुण्य-फल नहीं प्राप्त होता और जन्म-जन्ममें दुःख भोगना पड़ता है ॥ २० ॥ २१ ॥ जो ताम्बूल आदि

नैवाद्याच्च कथाव्रती ॥ कामं क्रोधं मदं मानं मत्सरं लोभमेव च ॥ १६ ॥ दम्भं मोहं तथा द्वेषं दूरयेच्च कथाव्रती ॥ वेदवैष्णवविप्राणां गुरुगोव्रतिनां
तथा ॥ १७ ॥ स्त्रीराजमहतां निन्दां वर्जयेच्च कथाव्रती ॥ रजस्वलां त्यजेन्म्लेच्छपतितव्रात्यकैः सह ॥ १८ ॥ द्विजद्विड्वेदबाह्यैश्च न वदेच्च
कथाव्रती ॥ सत्यं शौचं दया मौनमार्जवं विनयं तथा ॥ १९ ॥ उदारं मानसं तद्वत्कुर्यादेव कथाव्रती ॥ श्रद्धाभक्तिसमायुक्ता नान्यकार्येषु लालसाः
॥ २० ॥ वाग्यताः शुचयोऽव्यग्राः श्रोतारः पुण्यभागिनः ॥ अभक्त्या ये कथां पुण्यां शृण्वन्ति मनुजाधमाः ॥ २१ ॥ तेषां पुण्यफलं नास्ति
दुःखं स्याज्जन्मजन्मनि ॥ पुराणं ये तु संपूज्य ताम्बूलाद्यैरुपायनैः ॥२२॥ शृण्वन्ति च कथां भक्त्या दरिद्राः स्युर्न पापिनः ॥ कथायां कीर्त्यमानायां
ये गच्छन्त्यन्यतो नराः ॥ २३ ॥ भोगांतरे प्रणश्यंति तेषां दाराश्च संपदः ॥ सोष्णीषमस्तका ये च कथां शृण्वंति पावनीम् ॥ २४ ॥ ते बलाकाः
प्रजायन्ते पापिनो मनुजाधमाः ॥ ताम्बूलं भक्षयन्तो ये कथां शृण्वंति पावनीम् ॥ २५ ॥ स्वविष्ठां खादयन्त्येतान्नरके यमकिंकराः ॥ नार्या रज-
स्वलायाश्च योनितुल्यं मुखं भवेत् ॥ २६ ॥ ये च तुङ्गासनारूढाः कथां शृण्वंति दांभिकाः ॥ अक्षय्यान्नरकान्भुक्त्वा ते भवंत्येव वायसाः ॥ २७॥
ये च वीरासनारूढा ये च शय्यासनस्थिताः ॥ शृण्वंति तत्कथां ते वै भवन्त्यर्जुनपादपाः ॥ २८ ॥ असंप्रणम्य शृण्वन्तो विषवृक्षा भवंति ते ॥

उपहारोंसे पुराणका पूजन करके भक्तिभावसे इस कथाको सुनते हैं, वे कभी भी दरिद्र और पापी नहीं होते ॥२२॥ जो कथा होते समय उसे छोड़कर अन्यत्र चले जाते हैं, उनकी स्त्री और सम्पदाएँ भोगके बीचमें ही नष्ट हो जाती हैं (वे उनका पूर्णतः उपभोग नहीं कर पाते)। जो पापी नराधम सिरपर पगड़ी रखकर इस पावन कथाको सुनते हैं, वे बगुले होते हैं। जो लोग पान खाते हुए इस पुराणकी पावन कथाको सुनते हैं, उन्हें यमराजके दूत नरकमें डालकर अपनी ही विष्ठा खिलाते हैं। उनका मुख रजस्वला स्त्रीकी योनिके समान हो जाता है ॥ २३–२६ ॥ जो दम्भी मनुष्य ऊँचे आसन बैठकर कथा सुनते हैं, वे अक्षय नरकोंका उपभोग करके अन्तमें कौए होते हैं ॥ २७ ॥ जो वीरासनपर आरूढ़ हो तथा जो शय्यापर बैठकर इस पुराण-कथाको सुनते हैं, वे अर्जुन नामक वृक्ष होते हैं ॥ २८ ॥ जो कथाको प्रणाम किये बिना ही सुनते हैं, वे विषवृक्ष होते हैं। जो सोते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए सुनते हैं, वे मनुष्य अजगर सर्प होते हैं ॥ २९ ॥ जो वक्र स्वभाववाला मनुष्य वक्ताके समान ऊँचे आसनपर बैठकर कथा सुनता है, वह गुरुपत्नीगमन-तुल्य पापका भागी होकर नरकमें पड़ता है ॥ ३० ॥ जो लोग पुराणवेत्ताओं तथा पुराणकी पापहारिणी कथाकी निन्दा करते हैं, वे मनुष्य सौ जन्मोंतक कुत्ते होते हैं ॥ ३१ ॥ जो कथा होते समय दूषित उत्तर-प्रत्युत्तर करते हैं, वे पहले तो गदहे होते हैं, तत्पश्चात् गिरगिटकी योनिमें जन्म पाते हैं ॥ ३२ ॥ जो कभी भी पुराणकी पुण्यमयी कथा नहीं सुनते हैं, वे घोर नरकोंका कष्ट भोगकर बनैले सूअर होते हैं ॥ ३३ ॥ जो शठ कथा-कीर्तनमें विघ्न डालते हैं, वे करोड़ों वर्षोंतक नरक भोगकर अन्तमें ग्रामसूकर होते हैं ॥ ३४ ॥ कथा सुनते समय बीचमें बातचीत न करे। यदि कोई करे तो वह नरकमें जायगा। कथा-श्रवणकालमें बच्चोंका लाड़-प्यार भी न करे ॥ ३५ ॥ कथा होते समय हँसी-मजाककी बातें न करे,

तथा शयानाः शृण्वन्तो भवन्त्यजगरा नराः ॥२९॥ यः शृणोति कथां वक्रः समानासनमास्थितः ॥ गुरुतल्पसमं पापं संप्राप्य नरकं व्रजेत् ॥३०॥ ये निन्दंति पुराणज्ञान् कथां वा पापहारिणीम् ॥ ते वै जन्मशतं मर्त्याः शुनकाः संभवंति च ॥ ३१ ॥ कथायां वर्तमानायां ये वदंति दुरुत्तरम् ॥ ते गर्दभाः प्रजायन्ते कृकलासास्ततः परम् ॥ ३२ ॥ कदाचिदपि ये पुण्यां न शृण्वन्ति कथां नराः ॥ ते भुक्त्वा नरकान्घोरान्भवन्ति वनशूकराः ॥ ३३ ॥ कथायां कीर्त्यमानायां विघ्नं कुर्वन्ति ये शठाः ॥ कोट्यब्दान्नरकान्भुक्त्वा भवन्ति ग्रामशूकराः ॥ ३४ ॥ मध्ये वार्तां न कुर्वीत चेत्कुर्यान्निरयं व्रजेत् ॥ कथायां श्रूयमाणायां न कुर्याच्छिशुलालनम् ॥ ३५ ॥ नर्मवादान्वदेन्नैव स्त्रिया संभाषणं तथा ॥ न कर्तव्यं प्रयत्नेन कथाविच्छेदकारणम् ॥ ३६ ॥ विच्छेदेन कथायास्तु ब्रह्महत्यासमं त्वघम् ॥ प्राप्नोति मुनिशार्दूल कथाविच्छेदकः पुमान् ॥ ३७ ॥ न कुर्यात्तु कथामध्ये त्वन्यवार्ताः प्रयत्नतः ॥ नारी वा पुरुषो वापि कुर्यान्निरयमाप्नुयात् ॥ ३८ ॥ इतिहासं वदाम्यत्र शृणुष्वैकं हि मानद ॥ यं श्रुत्वा न वदेद्वार्तां कथामध्ये कदाचन ॥ ३९ ॥ जनस्थाने पुरा कश्चिद्ब्राह्मणो वेदपारगः ॥ धर्मशास्त्रेऽतिनिपुणः सदाचारपरायणः ॥ ४० ॥ गंगास्नानं विधायादौ कृत्वा माध्याह्निकं तथा ॥ कृत्वा देवार्चनं चैव श्रवणे तत्परोऽभवत् ॥ ४१ ॥ तस्य भार्याऽतिदुष्टा च कर्कशा कलहप्रिया ॥ असत्यालापनिपुणा

स्त्रीके साथ भी वार्तालाप न करे। इन बातोंका प्रयत्नपूर्वक पालन करना चाहिये। क्योंकि ये सब बातें कथामें विच्छेद (विघ्न) डालनेवाली हैं ॥ ३६ ॥ हे राजसिंह ! कथामें विच्छेद पैदा करनेसे वह कथाविच्छेदक पुरुष ब्रह्महत्याके समान पापका भागी होता है ॥ ३७ ॥ स्त्री हो या पुरुष, कथाके बीचमें दूसरी बात न करे और इसके लिए सदा प्रयत्नशील रहे। यदि कोई बात करता है तो वह नरकमें पड़ता है ॥३८॥ हे मानद ! इस विषयमें मैं एक इतिहास बताता हूँ, इसे सुनो। यह सुन लेनेपर कोई भी मनुष्य कभी कथाके बीचमें वार्तालाप नहीं कर सकता ॥३९॥ प्राचीन कालकी बात है। जनस्थानमें कोई एक ब्राह्मण रहते थे, जो वेदोंके पारंगत विद्वान् थे। वे धर्मशास्त्रमें अत्यन्त निपुण तथा सदाचारमें तत्पर रहते थे ॥ ४० ॥ वे प्रतिदिन गंगा-स्नान और मध्याह्न-सन्ध्यावन्दन आदि करके देवपूजन करनेके पश्चात् कथा-श्रवणमें प्रवृत्त होते थे ॥ ४१ ॥ उनकी स्त्री बड़ी दुष्ट और कर्कशा थी। सदा कलह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थी ॥ ४२ ॥ वह पापपूर्ण निश्चयवाली नारी चोरी-चोरी धनका भी संग्रह करने
करना ही उसे प्रिय लगता था । वह झूठ बोलनेमें निपुण थी और दूसरोंसे द्वेष करनेमें ही लगी रहती थी ॥ ४२ ॥ वह पापपूर्ण निश्चयवाली नारी चोरी-चोरी धनका भी संग्रह करने लगी । वह स्वयं दही, दूध, शक्कर, गुड़, घी और माखन खरीद लाती और एकान्तमें बैठकर अकेली ही खाती थी । पतिको केवल रूखा-सूखा अन्न परोस दिया करती थी ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ उसका स्वभाव दुराग्रही था और उसके मनमें दुष्टता भरी रहती थी । वह सदा पतिकी निन्दामें ही लगी रहनेवाली और पाप करनेवाली नारी प्रायः दूसरेके घरमें ही बैठी रहती थी ॥ ४५ ॥ वह अच्छी बात तो कभी बोलती ही नहीं थी । जो पतिके द्वेषी थे, उन्हींका वह भला किया करती थी । भोजनमें सदा पंक्ति-भेद करती थी—किसीको कुछ परोसती और किसीको कुछ । सदा निष्ठुर बात ही बोलती थी ॥ ४६ ॥ अतिथियोंसे सदा बैर रखती और धर्मका नाश करती थी । उसके पति बड़े सज्जन, गुणवान्, सौम्य तथा सर्वत्र सम्मानित होनेवाले व्यक्ति थे ॥ ४७ ॥ जब उसके पति प्रतिदिन पुराण सुननेके लिये बैठते, तब वहाँ जाकर वह उनकी निन्दा करती हुई कहने लगती थी— ॥ ४८ ॥ 'संसारमें पैदा होकर जीवन निर्वाहके लिये कोई उद्योग

परद्वेषपरायणा ॥ ४२ ॥ कृत्वा चक्रे धनस्यापि संग्रहं पापनिश्चया ॥ दधि दुग्धं समानीय शर्करां गुडमेव च ॥ ४३ ॥ घृतं च नवनीतं च स्वयमानीय सर्वदा ॥ एकांते भक्षणं चक्रे भर्तर्यन्नं प्रशुष्ककम् ॥ ४४ ॥ दुराग्रहा दुष्टमना: पतिनिन्दापरायणा ॥ बहुपापप्रकर्त्री च परवेश्मोपवेशिनी ॥ ४५ ॥ सुभाषणं वदेन्नैव द्विषः क्षेमविधायिनी ॥ पंक्तिभेदं प्रकुर्वाणा सदा निष्ठुरभाषिणी ॥ ४६ ॥ अतिथिषु सदा वैरकारिणी धर्मनाशिनी ॥ सज्जनोऽपि गुणी सौम्यस्तस्या भर्ता सुपूजितः ॥ ४७ ॥ यदा भर्ता पुराणस्य श्रवणार्थं हि संस्थितः ॥ प्रत्यहं तत्र गत्वा तु तस्य निन्दां चकार ह ॥ ४८ ॥ किं संन्यासिवत्कथं ह्यत्र श्रवणे व्यासवत्कृतः ॥ समुत्पन्ननिरुद्योग कि कर्तव्यं मया वद ॥ ४९ ॥ शिशवो मां पीडयंति भक्षणार्थं दिने दिने ॥ किं तेषां च प्रकर्तव्यं भक्षणाय मया वद ॥ ५० ॥ नास्त्येवान्नं गृहे किञ्चिद्वस्त्रं वाप्यथ वा धनम् ॥ किं मया च प्रकर्तव्यं कुत्र गन्तव्यमेव च ॥ ५१ ॥ कथं विलिखितं दिष्टं धात्रा पापेन मां पुरा ॥ मूर्खश्चालससंयुक्तो दरिद्रो निष्ठुरस्तथा ॥ ५२ ॥ स्नेहहीनः कुटुम्बे च कथायाः श्रवणे रतः ॥ एतादृशः पतिर्मह्यं धात्रा दत्तो दुरात्मना ॥ ५३ ॥ पृथिव्यां दुर्भगैकाऽहं दरिद्रगृहमागता ॥ उदरापूर्तिमात्रं हि नान्नं मे भक्षितं कदा ॥ ५४ ॥ सौभाग्यास्ताः स्त्रियो लोके यासामुद्योगशालिनः ॥ पतयो धनधान्यादिसमृद्धिपरिशोभिताः ॥ ५५ ॥ ते वै स्त्रीणां वाक्यकराः शिशुपालनतत्पराः ॥

न करनेवाले हे आलसी ! यहाँ संन्यासीकी तरह कथा सुनने कैसे बैठे हो ? तुम तो यहाँ आकर व्यासबाबा बन गये । अब मुझे बताओ, मैं क्या करूँ ? ॥ ४९ ॥ बच्चे प्रतिदिन भोजनके लिये मुझे तंग करते रहते हैं । बताओ, मैं उनके खानेके लिये क्या प्रबन्ध करूँ ? ॥ ५० ॥ 'मेरे घरमें न तो मुट्ठीभर अन्न है, न वस्त्र है और न धन ही है । मैं क्या करूँ ? कहाँ जाऊँ ? ॥ ५१ ॥ न जाने पापी विधाताने पूर्वकालमें मेरा भाग्य कैसा लिख दिया था । दुरात्मा ब्रह्माने मुझे ऐसा पति दिया, जो मूर्ख, आलसी, दरिद्र और निष्ठुर है । इसका अपने कुटुम्बपर तनिक भी स्नेह नहीं है । यह सिर्फ कथा सुननेमें लगा रहता है ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ इस पृथ्वीपर एकमात्र मैं ही ऐसी अभागिनी हूँ, जो इस दरिद्रके घरमें आ गयी । यहाँ आकर कभी मैंने भरपेट भोजन नहीं किया ॥ ५४ ॥ संसारमें वे ही स्त्रियाँ सौभाग्यशालिनी हैं और जिनके पति उद्योगशील हैं, धन-धान्य आदिकी समृद्धिसे शोभित हैं ॥ ५५ ॥ वे अपनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्त्रियोंकी आज्ञा मानते हैं, बच्चोंके लालन-पालनमें तत्पर रहते हैं, सदा घरमें रहते हैं और स्त्रियोंको संतुष्ट रखते हैं ॥ ५६ ॥ वे उत्तम अन्न खाकर पुष्ट होते हैं, पत्नीकी आज्ञाका पालन करते हैं, बुद्धिशाली हैं और पत्नियोंका जैसा निश्चय होता है, वैसा ही करते हैं ॥ ५७ ॥ यह मेरा पति तो मूर्ख और जडबुद्धि है। अतः घरके प्रति उपेक्षाका भाव रखता है। आज घरमें न नमक है, न तेल है और न लकड़ी ही है ॥ ५८ ॥ साग भी मेरे घरमें नहीं है। अनाज तो लेशमात्र भी नहीं है। क्या करूँ? मेरा पति ऐसा आलसी है' ॥५९॥ सन्मार्गके मूर्तिस्वरूप पतिके कथा सुनते समय वह घरमें अनाज आदिके रहते हुए भी वहाँ जाकर इस प्रकार मिथ्या भाषण किया करती थी ॥ ६० ॥ वह कर्कशा स्त्री प्रतिदिन इसी तरह कथामें विघ्न डाला करती थी। उसका हृदय दुष्टतासे भरा था। तदनन्तर काल आनेपर उसकी मृत्यु हो गयी ॥६१॥ तब यमराजके दूत आये और उसे बाँधकर यमराजके घर ले गये। वहाँ यमकी आज्ञासे उन्होंने उसे चिरकालके लिये नरकमें गिरा दिया ॥ ६२ ॥ नरकसे छूटनेपर वह पूर्वपापके प्रभावसे ही भयानक वनमें, जहाँ पानीका सर्वथा अभाव था, राक्षसी हुई और

नित्यं गृहेषु तिष्ठन्ति स्त्रीणां संतोषकारकाः ॥ ५६ ॥ सदन्नभक्षणात्पुष्टा भार्याज्ञापरिपालकाः ॥ व्यवसायं च भार्याणां कुर्वन्ति बुद्धिशालिनः ॥ ५७ ॥ अयं मूर्खश्च जडधीरुपेक्षां कुरुते गृहे ॥ अद्य तैलं गृहे नास्ति चेन्धनं लवणं तथा ॥ ५८ ॥ शाकश्च मम नास्त्येव धान्यलेशो न मद्गृहे ॥ किं मया तु प्रकर्तव्यं पतिरेतादृशो मम ॥ ५९ ॥ कथायां श्रूयमाणायां पत्या सन्मार्गमूर्तिना ॥ धान्यादौ विद्यमानेऽपि मिथ्याभाषणतत्परा ॥ ६० ॥ कथाविघ्नं चकारासौ कर्कशा सा दिने दिने ॥ ततः कालेन मरणं प्राप्ता सा दुष्टमानसा ॥ ६१ ॥ यमदूतैस्तु बद्ध्वा सा नीता च यममंदिरे ॥ ततो यमाज्ञया तैस्तु नरके पातिता चिरम् ॥ ६२ ॥ पश्चात्सा राक्षसी जाता भैरवे जलवर्जिते ॥ अरण्ये क्षुत्तृषायुक्ता पूर्वपापप्रभावतः ॥ ६३ ॥ तस्माद्विघ्नं न कर्तव्यं भार्यया पुरुषेण वा ॥ श्रीहरेः सत्कथायास्तु तव सत्यं वदाम्यहम् ॥ ६४ ॥ मीनालिनो महिषहंसबकस्वभावा मार्जारकाकवृककंकजलौकतुल्याः ॥ सच्छिद्रकुम्भजलसिन्धुशिलोपमाश्च ते श्रावकाश्च सुचतुर्दशधा भवंति ॥ ६५ ॥ दरिद्रश्च क्षयी रोगी निर्भाग्यः पापकर्मवान् ॥ अनपत्यो मोक्षकामः शृणुयात्स कथामिमाम् ॥ ६६ ॥ अपुष्पा काकवन्ध्या च वन्ध्या या च मृतार्भका ॥ स्रवद्गर्भा च या नारी तया श्राव्या प्रयत्नतः ॥ ६७ ॥ सुपुत्रं लभते राजन्व्यासस्य वचनं यथा ॥ सर्वान्कामानवाप्नोति कथां श्रुत्वा हरेरिमाम् ॥ ६८ ॥ इति

भूख-प्याससे पीड़ित रहने लगी ॥ ६३ ॥ अतः स्त्री हो या पुरुष, किसीको भी श्रीहरिकी उत्तम कथामें विघ्न नहीं डालना चाहिये। यह मैं तुमसे सत्य कहता हूँ ॥ ६४ ॥ वे भले-बुरे श्रोता चौदह प्रकारके होते हैं—मीन, भ्रमर, महिष, हंस, बक, मार्जार, काक, वृक, कङ्क, जोंक, छिद्रयुक्त घट, जल, सिन्धु और शिला। इनके समान स्वभाववाले होनेके कारण वे इन्हीं नामोंसे कहे गये हैं ॥ ६५ ॥ दरिद्र, क्षयका रोगी, अन्य किसी रोगसे पीड़ित, भाग्यहीन, पापाचारी, संतानहीन तथा मुमुक्षु पुरुष इस हरिवंश-कथाको अवश्य सुनें ॥६६॥ जिस स्त्रीका मासिक धर्म रुक गया हो, जिसके एक ही संतान होकर रह गयी हो, जिसके बच्चे होते ही न हों, जिसके बच्चे पैदा होकर मर जाते हों तथा जिसका गर्भ गिर जाता हो, उस स्त्रीको प्रयत्नपूर्वक इस हरिवंशकी कथाका श्रवण करना चाहिये ॥ ६७ ॥ हे राजन्! नारी यह कथा सुनकर उत्तम पुत्र प्राप्त कर लेती है। जैसा कि व्यासजीका वचन है। श्रीहरिकी इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पा लेता है ॥ ६८ ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥
कथाको सुनकर मनुष्य सम्पूर्ण कामनाओंको
(हरिवंशके नवाह-पारायणका उद्यापन, उनमें किये जानेवाले दान, पुस्तकपूजा और वाचक-पूजन आदिका विधान एवं माहात्म्य) वैशम्पायन कहते हैं—हे जनमेजय ! इस प्रकार व्रतकी विधि पूर्ण करके उसका उद्यापन करे। उत्तम फलकी इच्छा रखनेवाले पुरुषोंको जन्माष्टमी-व्रतके समान इसका भी उद्यापन करना चाहिये । १॥ जो अकिंचन भक्त हैं, उनके लिए प्रायः उद्यापनका आग्रह नहीं है। वे कथा-श्रवणमात्रसे ही शुद्ध हो जाते हैं। क्योंकि वे निष्काम वैष्णव होते हैं ॥२॥ इस प्रकार नवाह-यज्ञ पूर्ण होनेपर श्रोताओंको बड़ी भक्तिके साथ पुस्तक तथा कथावाचककी पूजा करनी चाहिये और वक्ताको उचित है कि वह श्रोताओंको प्रसाद और तुलसीकी माला दे ॥३॥ तत्पश्चात् मृदंग बजाकर तालस्वरके साथ कीर्तन किया जाय। जय-जयकार और नमस्कारशब्दके साथ शङ्खोंकी ध्वनि हो तथा ब्राह्मणों और याचकोंको अन्न और धन दिया जाय ॥४॥५॥ कथाश्रवणके अन्तमें एक पल सुवर्णकी बनी हुई लक्ष्मीसहित

श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणादिविधिकथनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं कृत्वा व्रतविधिमुद्यापनमथाचरेत् ॥ तद्वदुद्यापनं कार्यं भक्तिमद्भिः फलार्थिभिः ॥ १ ॥ अकिञ्चनेषु भक्तेषु प्रायो नोद्यापनग्रहः ॥ श्रवणेनैव पूतास्ते निष्कामा वैष्णवा यतः ॥ २ ॥ एवं नवाहयज्ञेऽस्मिन्समाप्ते श्रोतृभिस्तदा ॥ पुस्तकस्य च वक्तुश्च पूजा कार्याऽतिभक्तितः ॥ ३ ॥ प्रसादतुलसीमालाः श्रोतृभ्यश्चाथ दीयताम् ॥ मृदंगतालललितं कीर्तनं कीर्त्यतां ततः ॥ ४ ॥ जयशब्दो नमःशब्दः शंखशब्दश्च गीयताम् ॥ विप्रेभ्यो याचकेभ्यश्च वित्तमन्नं च दीयताम् ॥ ५ ॥ श्रवणान्ते हरेर्मूर्तिः सश्रीकस्य प्रदीयताम् ॥ सुवर्णस्य कृता सम्यग्लक्ष्मयङ्का पलमानतः ॥ ६ ॥ समाप्तौ विधिवद्वस्त्रं क्षौमं दद्याच्च वाचके ॥ विशेषोऽयं समुद्दिष्टो मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ ७ ॥ समाप्य सर्वं प्रयतः संहिताशास्त्रकोविदः ॥ शुभे दिने निवेश्याथ क्षौमवस्त्राभिसंवृतः ॥ ८ ॥ शुक्लांबरधरस्तत्र शुचिर्भूत्वा स्वलंकृतः ॥ अर्चयेत्तु यथान्यायं गन्धमाल्यैः पृथक्पृथक् ॥९॥ संहितापुस्तकं तत्र प्रयतः सुसमाहितः ॥ भक्ष्यैर्भोज्यैश्चापूपैश्च कौतुकैर्विविधैः शुभैः ॥१०॥ हिरण्यमन्यद्द्रव्यं च दक्षिणां तत्र दापयेत् ॥ ये श्रावयंति मनुजान्पुण्यां पौराणिकीं कथाम् ॥ ११ ॥ कल्पकोटिशतं साग्रं यान्ति ते ब्रह्मणः पदे ॥ आसनानि प्रयच्छन्ति पुराणज्ञस्य

भगवान विष्णुकी मूर्ति, जो श्रीवत्सचिह्नसे अङ्कित हो, वाचकके लिये देनी चाहिये ॥ ६ ॥ कथा समाप्त होनेपर वाचकको विधिपूर्वक रेशमी वस्त्र भी देना चाहिये । तत्त्वदर्शी मुनियोंने यह विशेष बात बतायी है ॥७॥ संहिताशास्त्रका विद्वान् वाचक पवित्र हो सम्पूर्ण हरिवंशको समाप्त करके शुभ दिनमें पुस्तकको सिंहासनपर स्थापित करे और रेशमी वस्त्र ओढ़ और श्वेत वस्त्र धारण करके पवित्र एवं विभूषित हो गन्ध-माल्य आदि पृथक्-पृथक् उपचारोंसे संहिता-पुस्तककी यथोचितरूपसे पूजा करे। उस समय चित्त शुद्ध एवं एकाग्र होना चाहिये । भक्ष्य, भोज्य और पुआ आदि नैवेद्यों तथा नाना प्रकारके शुभ कौतुकों द्वारा उस पूजनकर्मको सम्पन्न करना चाहिये ॥ ८–१० ॥ यजमान वहाँ सुवर्ण तथा अन्य द्रव्योंको दक्षिणारूपसे दे । जो लोग अपने यहाँ आयोजन करके लोगोंको पुण्यमयी पौराणिक कथा सुनवाते हैं, वे सौ कोटि कल्पोंसे अधिक कालतक ब्रह्मधाममें विराजते हैं ॥ ११ ॥ जो मानव पुराणवेत्ता वाचकको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आसनके लिये कम्बल, मृगचर्म, वस्त्र, शय्या और चौकी आदि प्रदान करते हैं, वे स्वर्गलोकमें जाकर मनोवांछित भोगोंका उपभोग करके ब्रह्मा आदिके लोकोंमें निवास करते हुए अन्ततोगत्वा निरामय पद (वैकुण्ठ-धाम) को प्राप्त होते हैं ॥ १२ ॥ १३ ॥ जो पुराणके वेष्टनके लिये नया सूती वस्त्र देते हैं, वे जन्म-जन्ममें भोग और ज्ञानसे सम्पन्न होते हैं ॥ १४ ॥ जो लोग महापातकों और उपपातकोंसे युक्त हैं, वे भी इस पुराणके श्रवणमात्रसे परम पदको प्राप्त कर लेते हैं ॥१५॥ जो हरिवंशको लिखकर वह पोथी वाचकको दान देता है, उसे भूमिदानका फल प्राप्त होता है ॥ १६ ॥ हे नरेश्वर ! जिसने सारा हरिवंश सुन लिया, उसने राजसूय और अश्वमेध यज्ञका अनुष्ठान कर लिया तथा सम्पूर्ण दान दे दिये ॥ १७ ॥ राजसूय और अश्वमेध आदि यज्ञ प्रत्येक युगमें केवल अपना फल देते हैं, परन्तु हरिवंशका श्रवण कलियुगमें समस्त यज्ञोंका फल देनेवाला है ॥ १८ ॥ श्रद्धालु, आस्तिक एवं जितेन्द्रिय पुरुष जब

ये नराः ॥ १२ ॥ कम्बलाजिनवासांसि मंचाफलकमेव च॥ स्वर्गलोकं समासाद्य भुक्त्वा भोगान् यथेप्सितान् ॥ १३ ॥ स्थित्वा ब्रह्मादिलोकेषु पदं यांति निरामयम् ॥ पुराणस्य प्रयच्छन्ति ये सूत्रवसनं नवम् ॥१४॥ भागिनो ज्ञानसंपन्नास्ते भवन्ति भवे भवे ॥ ये महापातकैर्युक्ता उपपातकिनश्च ये ॥ १५॥ पुराणश्रवणादेव ते यान्ति परमं पदम् ॥ हरिवंशं लिखित्वा यो वाचकाय प्रदापयेत् ॥ १६ ॥ यत्फलं भूमिदानस्य तत्फलं लभते हि सः ॥ राजसूयेन तेनेष्टमश्वमेधेन वै नृप ॥ १७ ॥ दत्तानि सर्वदानानि हरिवंशे श्रुतेऽखिले ॥ राजसूयाश्वमेधाद्या यज्ञाश्चैव युगे युगे ॥ १८ ॥ श्रवणं हरिवंशस्य कलौ यज्ञफलप्रदम् ॥ श्रद्धावानास्तिको दान्तो हरिवंशं यदाऽऽरभेत् ॥ १९ ॥ पातकानि प्रकम्पन्ते प्रत्यूहानि ज्वलन्ति च ॥ समारभ्य नयेत्पारं हरिवंशं य आदितः ॥ २० ॥ स्पर्शनाद्दर्शनात्तस्य विष्णुर्दृष्टो भवेन्नृप ॥ जन्मत्रयस्य निकषं पातकस्य क्षयो ध्रुवम् ॥ २१ ॥ फलाप्तिश्च समाप्तौ च हरिवंशस्य बुद्धयते ॥ भारतश्रोतुर्विज्ञेयं पूर्वं सुकृतिलक्षणम् ॥ २२ ॥ येन संजायते बुद्धिर्हरिवंशावधारणे ॥ सर्वाणि च पुराणानि वेदाश्च स्मृतयस्तथा ॥ २३ ॥ हरिवंशेन बद्धार्था व्यासेन च महर्षिणा ॥ श्रुतिस्मृतिपुराणानां निन्दकेभ्यः कथञ्चन ॥ २४ ॥ पापिभ्यश्च महाराज श्रावयेन्नैव वाचकः ॥ श्रुत्वा तुष्टेन मनसा वाचकं परिपूजयेत् ॥ २५ ॥ दान्तं यशस्विनं कान्तं शुचि स्पष्टाक्षरं ब्रुवन् ॥ त्रिशुक्लमाचार-

हरिवंश आरम्भ करता है, तब सारे पातक काँपने लगते हैं और समस्त विघ्न जल जाते हैं ॥ १९ ॥ हे नरेश्वर ! जो हरिवंशकी कथाको आदिसे आरम्भ करके अन्ततक पहुँचा देता है, उसके दर्शन और स्पर्शसे भगवान् विष्णुका ही दर्शन और स्पर्श हुआ ऐसा मानना चाहिए ॥ २० ॥ हरिवंशकी समाप्ति होनेपर श्रोताके तीन जन्मोंके पातकोंका निश्चय ही नाश हो जाता है और अभीष्ट फलकी प्राप्तिका भी बोध होता है, यही इसकी सफलताकी कसौटी है ॥ २१ ॥ हे भरतनन्दन ! यह श्रोताके पूर्व पुण्यका लक्षण समझना चाहिये, जिससे उसके मनमें हरिवंश सुननेका विचार उत्पन्न होता है ॥ २२॥ महर्षि व्यासने समस्त पुराणों, वेदों और स्मृतियोंके भावोंको हरिवंशके साथ बाँध रक्खा है ॥ २३ ॥ हे महाराज ! वाचकको उचित है कि वह श्रुतियों, स्मृतियों और पुराणोंके निन्दकोंको तथा पापियोंको किसी तरह कथा न सुनावे ॥ २४ ॥ कथा सुनकर श्रोता सन्तुष्ट चित्तसे जितेन्द्रिय, यशस्वी, कान्तिमान्, पवित्र,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अक्षरोंका सुस्पष्ट उच्चारण करनेवाले, जन्म, विद्या और संस्कार तीनोंसे शुद्ध, सदाचारपरायण, क्रोधहीन और वाद-विवादसे रहित वाचककी पूजा करे ॥ २५॥२६ ॥ उसे भलीभाँति बसा हुआ ग्रामदान दे। कुण्डल, पगड़ी और माला अर्पित करे। खड़ाऊँ, जूता, छाता, चँदोवा और मसहरी—इन सबको एकत्र करके विधिपूर्वक कथावाचकको अर्पित करे। साथही बैलगाड़ी, घोड़ा, हाथी, रेशमी वस्त्र और मणिमय आसन, ताँबेके पाँच बर्तन तथा ताँबेका ही जलपात्र दे ॥ २७ ॥ २८ ॥ पत्नी और कुटुम्ब सहित वाचकको बड़ी प्रसन्नताके साथ आभूषणों द्वारा अलंकृत करके उन्हें दो सुन्दर वस्त्र पहनावे और श्रीकृष्ण द्वैपायन व्यासजीका चिन्तन करते हुए उन्हें भक्तिभावसे नमस्कार करे ॥ २९ ॥ ३० ॥ वाचकके सन्तुष्ट होनेपर सम्पूर्ण देवता सन्तुष्ट हो जाते हैं। अतः हरिवंशके फलकी इच्छा रखनेवाले पुरुषोंको धन खर्च करनेमें कंजूसी नहीं करनी चाहिए ॥ ३१ ॥ एक, आधे या चौथाई पल सुवर्णके साथ बछड़ेसहित एक सुन्दर गौ

परमक्रोधमवादिनम् ॥ २६ ॥ ग्रामं दद्यात्सुवसितं कुण्डलोष्णीषमालिकाम् ॥ पादुकोपानहौ छत्रं सवितानं मसूरिकाम् ॥ २७ ॥ एवं कृत्वा तु विधिवद्वाचकाय प्रदापयेत् ॥ यानं वर्षं हयगजौ क्षौमं मणिमयासनम् ॥ २८ ॥ षण्डभाण्डामिताम्रस्य ताम्रस्यैवाम्बुजाजिनम् ॥ सकुटुम्बं च सस्त्रीकं वाचकं परया मुदा ॥ २९ ॥ विभूषणैरलंकृत्य परिधाप्य सुवाससी ॥ कृष्णद्वैपायनं ध्यायन्नमस्कुर्वीत भावतः ॥ ३० ॥ वाचके परितुष्टे तु तुष्टाः स्युः सर्वदेवताः ॥ वित्तशाठ्यं न कर्तव्यं हरिवंशफलेप्सुभिः ॥ ३१ ॥ प्रदेया गौः शुभा चैका सवत्सा हेमपूरिता ॥ पलेन च पलार्धेन तदर्थं वाथ वा पुनः ॥ ३२ ॥ वाचकं येन केनापि तोषयेत्सुसमाहितः ॥ तुष्टे तु वाचके राजंस्तुष्टाः स्युः सर्वदेवताः ॥ ३३ ॥ तुष्टेषु सर्वदेवेषु कार्यं तु सफलं भवेत् ॥ हरिवंशे समाप्ते तु वाचके परिपूजिते ॥ ३४ ॥ ऋणत्रयेण मुक्ताः स्युस्ते नरा जनमेजय ॥ मोदन्ते पितरस्तेषां लोकान्प्राप्याक्षयान्नृप ॥ ३५ ॥ हरिवंशस्य प्रारम्भे समाप्तौ चैव तैः सह ॥ सर्वान्कामानवाप्नोति विपाप्मा जायते नरः ॥ ३६ ॥ एवं कृते विधाने तु प्रजां प्राप्नोति मानवः ॥ धनमारोग्यमायुष्यं सौभाग्यं गुणगौरवम् ॥ ३७ ॥ प्राप्नोति मनुजः सम्यङ्नात्र कार्या विचारणा ॥ ३८ ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणादिविधिकथनं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

भी कथावाचकको देनी चाहिये ॥३२॥ हे राजन्! जिस किसी उपायसे संभव हो, एकाग्रचित्त होकर वाचकको सन्तुष्ट करे। क्योंकि उसके सन्तुष्ट होनेपर सम्पूर्ण देवता सन्तुष्ट हो जाते हैं और सम्पूर्ण देवताओंके सन्तुष्ट होनेपर यजमानका कार्य सफल होता है ॥३३॥ हे जनमेजय! हरिवंश समाप्त होनेपर वाचककी भलीभाँति पूजा कर लेनेके पश्चात् मनुष्य तीनों ऋणोंसे मुक्त हो जाते हैं। हे नरेश्वर! उनके पितर अक्षय लोकोंमें पहुँचकर आनन्द भोगते हैं ॥३४॥३५॥ हरिवंशका आरम्भ करके उसकी पूर्ति हो जानेपर मनुष्य सब पापोंसे मुक्त हो जाता है और अपने पितरोंके साथ सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त कर लेता है ॥३६॥ इस प्रकार विधि-विधानका पालन करनेपर मनुष्य उत्तम सन्तान तो पाता ही है, धन, आरोग्य, आयु, सौभाग्य और गुणजनित गौरवको भी भलीभाँति प्राप्त कर लेता है। इसमें अन्यथा विचार नहीं करना चाहिये ॥३ ॥३८॥ इति पद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भाषाटीकायां पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(हरिवंश आरम्भ करनेके लिए उत्तम मास, तिथि, नक्षत्र आदिका निर्देश, देवपूजन, व्यासपूजन, कथा-समाप्तिपर दी जानेवाली दक्षिणा, दान आदिका उल्लेख तथा हरिवंश-श्रवणका माहात्म्य) जनमेजयने पूछा— हे मुनिश्रेष्ठ ! हरिवंशका प्रारम्भ कैसे करना चाहिए ? उसकी पूजाका विधान किस प्रकार बताया गया है ? व्यासका विसर्जन कैसे करे ? और किस प्रकार उत्तम फलकी प्राप्ति सम्भव है ? यह सब विस्तारपूर्वक बताइये ॥ १ ॥ वैशम्पायनजी कहते हैं—हे राजन् ! जिस प्रकार कथा सुननेसे वन्ध्या स्त्री निश्चय ही संतान प्राप्त कर लेती है, वह विधि बताता हूँ, सुनो— वैशाख, माघ, कार्तिक अथवा दूसरे किसी शुभ मासमें, शुक्लपक्षमें, पूर्णा (५, १०, १५), नन्दा (१, ६, ११), भद्रा (२, ७, १२) तथा जया (३, ८, १३) तिथियोंमें, बृहस्पति, शुक्र, सोम तथा बुधवारको, श्रवण, हस्त, पुष्य, मूल, पुनर्वसु, धनिष्ठा, मृगशिरा, रेवती और अश्विनी नक्षत्रोंमें, सौभाग्य आदि शुभ योगों तथा विष्टिरहित करणोंमें वक्ता और श्रोताके चन्द्रमा जब बलिष्ठ हों, उस समय पूर्वाह्ण अथवा मध्याह्नकालमें विद्वान् पुरुष हरिवंशकथाका आरम्भ करे ॥ २—६ ॥ पहले गणेशजीकी

जनमेजय उवाच ॥ प्रारम्भस्तु कथं कार्यः कथं पूजाविधिः स्मृतः ॥ कथं विसर्जयेद्व्यासं कथं सम्यक्फलं लभेत् ॥ १ ॥ एतत्सर्वं समा-
चक्ष्व विस्तरान्मुनिसत्तम ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु राजन् यथा वन्ध्या संततिं लभते ध्रुवम् ॥२॥ वैशाखे माघ ऊर्जे च अन्यस्मिञ्छुभमासके ॥
शुक्लपक्षे तिथौ पूर्णानन्दाभद्राजयासु च ॥ ३ ॥ वारे गुरौ तथा शुक्रे चन्द्रे चन्द्रात्मजे तथा ॥ नक्षत्रे श्रवणे हस्ते पुष्ये मूले पुनर्वसौ ॥ ४ ॥
वासवे तुहिनांशौ च पौष्णे च हयतारके ॥ सौभाग्यादिषु योगेषु करणे विष्टिवर्जिते ॥ ५ ॥ श्रोतुश्चाथापि वक्तुश्च चन्द्रे च बलशालिनि ॥
पूर्वाह्णे चापि मध्याह्ने प्रारम्भः क्रियते बुधैः ॥ ६ ॥ आदौ लम्बोदरः पूज्यः कलशस्तु ततः परम् ॥ श्रीखण्डागरुकर्पूरकुङ्कुमामोदलेपनैः ॥ ७ ॥
पङ्कजैश्चम्पकैरन्यैर्जातीपुष्पैः सुगन्धिभिः ॥ तुलसीबिल्वधात्रीणां पत्रैरन्यैर्नवाङ्कुरैः ॥ ८ ॥ धूपैर्दीपैश्च विविधैर्नारिकेलफलादिभिः ॥ ताम्बूलैर्मुख-
वासैश्चाखण्डितैः शुक्लतण्डुलैः ॥ ९ ॥ चामरैर्व्यजनैश्चैव घंटावाद्यादिभिस्तथा ॥ प्रत्यहं पूजयेद्देवं यावद्ग्रन्थः समाप्यते ॥ १० ॥ लतादिदोषरहिते
वारे च शुभसंज्ञके ॥ समर्पयेत्पुराणं तु ततः पूजां समाचरेत् ॥ ११ ॥ प्रारम्भे च यथा पूजा तथा कार्या विसर्जने ॥ चन्दनागरुकर्पूरकुङ्कुमैर्गन्ध-
कर्दमैः ॥ १२ ॥ गीतवादित्रनृत्यैश्च राजन्कार्यो महोत्सवः ॥ ततः पुराणपूजायां यथा दानं तथा शृणु ॥ १३ ॥ अष्टादशशतं दानं पुराणाय

पूजा करनी चाहिए, तत्पश्चात् कलशकी । चन्दन, अगर, कपूर, कुङ्कुम, गन्ध, अनुलेपन, कमल, चम्पा, चमेलीके सुगन्धित फूल, तुलसीदल, विल्वपत्र, आँवलेके पत्ते, दूर्वा आदिके नूतन अङ्कुर, धूप, दीप, नारियलके फल आदि विविध नैवेद्य, मुखको सुवासित करनेवाले ताम्बूल, अखण्ड श्वेत तण्डुल, चँवर, व्यजन तथा घंटा-वाद्य आदि उपकरणोंसे श्रोता प्रतिदिन तब तक भगवानका पूजन करता रहे, जब तक कि ग्रन्थ समाप्त न होजाय ॥ ७—१० ॥ लता आदि दोषसे रहित शुभ दिनको हरिवंशपुराणकी पोथी वक्ताके हाथमें समर्पित करे । तदनन्तर प्रारम्भिक पूजा आरम्भ करे ॥ ११ कथाके आरम्भमें जैसी पूजा की जाय, उसके विसर्जनमें भी वैसी ही पूजा करनी चाहिए । चन्दन, अगर, कपूर, रोली और गन्ध आदिसे पूजन सम्पन्न करे ॥ १२ ॥ हे राजन् ! फिर गीत, वाद्य और नृत्यके द्वारा महान् उत्सव करना चाहिए । तदनन्तर पुराणपूजामें जैसा दान बतलाया गया है, सो सुनो ॥ १३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे जनमेजय ! पुराणके लिए अठारह सौ रुपयेकी दक्षिणा समर्पित करे । उसके अभावमें बारह सौ रुपयेकी पूजा चढ़ावे । हे राजेन्द्र ! उतना भी न बन सके तो कमसे कम छः सौ रुपयेकी दक्षिणा बतायी गयी है । यह क्रमशः उत्तम, मध्यम और अधम श्रेणीका दान कहा गया है ॥ १४ ॥ १५ ॥ तत्पश्चात् नूतन वस्त्रों द्वारा पत्नी सहित व्यासका सम्पूर्ण भावसे पूजन करे । ऐसा करनेसे यजमानको उत्तम फलकी प्राप्ति होती है ॥ १६ ॥ वाचकको केयूर और अंगद आदि आभूषणों तथा मुकुट आदिसे अलंकृत करके उन्हें पहिनने योग्य सुन्दर कुण्डल भी देने चाहिए ॥ १७ ॥ बछड़ेसहित तथा गर्भवती कपिला गौओंका भी दान करना चाहिए । हे राजन् ! हे पुरुषसिंह जनमेजय ! यजमान वाचकको अश्व आदि वाहन और दास-दासी भी समर्पित करे । आसन, धूप, दीप आदि वस्तुएँ, पात्र, शय्या, गद्दा-जाई आदि, तकिया, लड्डू, बटलोई, पीढ़ा आदि, जलपात्र, बहुत-सा अन्न, नमक तथा घी-तेल आदि सामग्री भी,

समर्पयेत् ॥ अभावे द्वादशशतं पूजा वै जनमेजय ॥ १४ ॥ तदभावेऽपि राजेन्द्र षट्शतं परिकीर्तितम् ॥ उत्तमं मध्यमं दानमधमं च प्रकीर्तितम्
॥ १५ ॥ सपत्नीकं ततो व्यासं दुकूलैरंशुकैर्नवैः ॥ पूजयेत्सर्वभावेन स सम्यक्फलमश्नुते ॥ १६ ॥ परिधाप्यानि देयानि कुण्डलानि शुभानि
च ॥ मुकुटाद्यैरलंकृत्य केयूराङ्गदभूषणैः ॥ १७ ॥ गावस्तु कपिला देयाः सवत्सा गर्भसंयुताः ॥ यानमश्वादिकं राजन्दासीदासान्समर्पयेत् ॥ १८ ॥
आसनं पुरुषव्याघ्र धूपदीपादिभाजनम् ॥ शय्यातूलादिकं सर्वं सोपधानं सलड्डुकम् ॥ १९ ॥ स्थालीपीठादिकं राजञ्जलपात्रं तथैव च ॥ अन्नं च
बहु दातव्यं लवणं जनमेजय ॥ २० ॥ घृततैलादिकं राजन् यावद्वर्षं समाप्यते ॥ एतत्सर्वं द्विजेन्द्राय व्यासासनगताय च ॥ २१ ॥ मनोऽभीष्टं
वरं लब्ध्वा ततः कुर्यात्प्रदक्षिणाम् ॥ पारणान्तेन राजेन्द्र द्विजेन्द्रं रुद्रजापिनम् ॥ २२ ॥ वस्त्रादिभिरलंकृत्य मुद्रिकाभिस्तथैव च ॥ नवीनं कम्बलं
शुभ्रं ताम्रपात्रं तथैव च ॥ २३ ॥ द्विजं द्विजं समुद्दिश्य दातव्या दक्षिणा बहु ॥ ततोऽभिषेकसंयुक्तं गुरुं चैव पुरोधसम् ॥ २४ ॥ वस्त्रादिभिर-
लंकृत्य दक्षिणाभिश्च तोषयेत् ॥ ततोऽन्यान्ब्राह्मणान्सर्वान्दक्षिणाभिः समर्चयेत् ॥ २५ ॥ हवनं च तथा राजन्कर्तव्यं कर्मशांतये ॥ प्रतिश्लोकं च
जुहुयाद्दशांशेनैव वा पुनः ॥२६॥ पायसं मधु सर्पिश्च तिलान्नादिकसंयुतम् ॥ अथवा हवनं कुर्याद्गायत्र्या सुसमाहितः ॥२७॥ तन्मयत्वात्पुराणस्य

जो एक वर्ष तक चल सके, वाचककी सेवामें दे । ये सारी वस्तुएँ व्यासासनपर विराजमान द्विजराज वक्ताको भेंट करनी चाहिए ॥ १८–२१ ॥ फिर वाचकसे मनोवांछित वर पाकर यजमान उनकी परिक्रमा करे । हे राजेन्द्र ! पारणा पूरी होनेपर रुद्रमन्त्रका जप करनेवाले द्विजराजको वस्त्र आदि तथा मुद्रिकाओंसे अलंकृत करके उन्हें नवीन कम्बल और सुन्दर ताम्रपात्र दे ॥ २२ ॥ २३ ॥ प्रत्येक द्विजके उद्देश्यसे बहुत-सी दक्षिणा देनी चाहिए । तत्पश्चात् अभिषेकयुक्त गुरु और पुरोहितको वस्त्र आदिसे विभूषित करके दक्षिणाओंसे संतुष्ट करे ॥ २४ ॥ तदनन्तर अन्य सब ब्राह्मणोंको भी दक्षिणा देकर उनका सत्कार करें । हे राजन् ! कर्मकी शान्तिके लिए होम भी करना चाहिये । ग्रन्थके प्रत्येक श्लोकसे खीर, मधु, घी, तिल और अन्न आदिसे युक्त हवनसामग्रीकी आहुति दे अथवा ग्रन्थमें जितने श्लोक हों, उनके दशांशसे ही हवन करे ॥ २५ ॥ २६ ॥ अथवा एकाग्रचित्त होकर गायत्रीमन्त्रसे हवन करे ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्योंकि वास्तवमें यह उत्कृष्ट पुराण गायत्रीमन्त्र ही है ॥ २७ ॥ यदि होम करानेका शक्ति न हो तो विद्वान् पुरुष उसका फल प्राप्त करनेके लिए ब्राह्मणोंको कुछ सुवर्ण दान दे तथा कर्ममें जो नाना प्रकारकी त्रुटियाँ रह गयी हों या विधिमें जो न्यूनता अथवा अधिकता हो गयी हो, उन दोषोंको शान्तिके लिए विष्णुसहस्रनामका पाठ करे ॥ २८ ॥ २९ ॥ उससे सभी कर्म सफल हो जाते हैं। क्योंकि इससे बढ़कर दूसरा कोई साधन नहीं हैं। हवनके पश्चात् चौबीस सपत्नीक ब्राह्मणोंको आदरपूर्वक भोजन करावे ॥ ३० ॥ तत्पश्चात् उन श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको गन्ध और मालाओंसे अलंकृत करके सुवर्णमयी दक्षिणा, धान्य और रत्न आदि देकर संतुष्ट करे ॥३१॥ हे भरतश्रेष्ठ ! उन ब्राह्मणोंके यथावत् भोजन कर लेनेपर उन्हींके निकट सपत्नीक वाचकको भी भलीभाँति अलंकृत करके भोजन करावे और वस्त्र तथा आभूषणोंसे संतुष्ट करके नमस्कार करे। ब्राह्मणोंके प्रसन्न होनेपर यजमानके ऊपर सब देवता प्रसन्न होते हैं। वाचकके संतुष्ट होनेपर श्रोताको शुभ एवं सर्वोत्तम प्रीति प्राप्त होती है। व्रतकी पूर्तिके लिये यजमान दूध देनेवाली गौ तथा सुवर्णका दान करे। यदि शक्ति हो तो तीन पल सोनेका एक

परमस्यास्य तत्त्वतः ॥ होमाशक्तौ बुधो हेम दद्यात्तत्फलसिद्धये ॥ २८ ॥ नानाच्छिद्रनिरोधाय न्यूनताधिकताख्ययोः ॥ दोषयोः प्रशमार्थं च पठेन्नामसहस्रकम् ॥ २९ ॥ तेन स्यात्सफलं सर्वं नास्त्यस्मादधिकं यतः ॥ भोजयेन्मिथुनान्येव चतुर्विंशतिमादरात् ॥ ३० ॥ ततो गन्धैश्च माल्यैश्च स्वलंकृत्य द्विजोत्तमान् ॥ तोषयेद्दक्षिणाहेमैर्धान्यैं रत्नादिभिस्तथा ॥ ३१ ॥ भुक्तवत्सु च विप्रेषु यथावत्स मया च तान् ॥ वाचकं भारतश्रेष्ठ भोजयित्वा स्वलंकृतम् ॥ ३२ ॥ सपत्नीकं च संतोष्य वस्त्रालङ्करणादिभिः ॥ ब्राह्मणेषु प्रसन्नेषु प्रसन्नास्तस्य देवताः ॥ ३३ ॥ वाचके परितुष्टे तु शुभा प्रीतिरनुत्तमा ॥ दद्यात्सुवर्णं धेनुं च व्रतपूर्णत्वसिद्धये ॥ ३४ ॥ शक्तौ पलत्रयमितं स्वर्णसिंहं विधाय च ॥ तत्रास्य पुस्तकं स्थाप्य लिखितं ललिताक्षरम् ॥ ३५ ॥ संपूज्यावाहनाद्यैश्च उपचारैः सदक्षिणैः ॥ वस्त्रभूषणगन्धाद्यैः पूजिताय महात्मने ॥ ३६ ॥ आचार्याय सुधीर्दत्त्वा मुक्तः स्याद्भवबन्धनैः ॥ एवं कृतविधानेन सर्वपापनिवारणे ॥ ३७ ॥ फलदं स्यात्पुराणं तु सर्वकामार्थसिद्धिदम् ॥ अनेन विधिना राजन् यः पुराणं समापयेत् ॥ ३८ ॥ तस्य स्त्री लभते गर्भं मासेनैकेन भारत ॥ अनेन विधिना राजन्व्यासं यस्तु समर्चयेत् ॥ ३९ ॥ पूजयेद्दानमानाभ्यां तस्य स्त्री गर्भिणी भवेत् ॥ यन्मया त्रिविधं प्रोक्तं भक्तिपूजादिकं पुनः ॥ ४० ॥ तत्कृत्वा लभते नारी पुत्रं भास्करतेजसम् ॥ तथा वंध्या लभेद्गर्भं व्यासस्य वचनं

सिंहासन बनवाकर उसके ऊपर सुन्दर अक्षरोंमें लिखी हुई हरिवंशकी पोथी रक्खे और आवाहन आदि दक्षिणासहित उपचारोंसे उसका पूजन करके वस्त्र, आभूषण और गन्ध आदिसे पूजित महात्मा आचार्यको वह पुस्तक दान करके दे दे। इस प्रकार दान करके उत्तम बुद्धिवाला विद्वान् श्रोता संसारबन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥३२–३६॥ नवाह-यज्ञका यह विधान सम्पूर्ण पापोंका निवारण करनेवाला है। इसका यथावत् रूपसे पालन करनेपर यह हरिवंश पुराण मनोवांछित फलप्रदान करता है तथा समस्त कामनाओं और पुरुषार्थोंका साधक होता है ॥३७॥ हे राजन् ! हे भरतनन्दन ! जो इस विधिसे इस पुराणको समाप्त करता है, उसकी पत्नी एक ही महीनेमें गर्भ धारण कर लेती है ॥३८॥ हे राजन् ! जो इस विधिसे व्यासकी पूजा करता है तथा दान-मानके द्वारा उसका सत्कार करता है, उसकी स्त्री अवश्य गर्भवती होती है ॥ ३९ ॥ मैंने जो नाना प्रकारके भजन-पूजन आदि बताये हैं, उन्हें करके नारी सूर्यतुल्य तेजस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुत्र प्राप्त करती है तथा वन्ध्या नारी भी अवश्य गर्भ धारण कर लेती है। जैसा कि व्यासजीका वचन है ॥ ४० ॥ ४१ ॥ जो ब्राह्मणके रत्नका अपहरण करता है, वह संतानहीन हो जाता है। उससे शरीरकी शुद्धिके लिये महारुद्र-मन्त्रके जप आदिका विधान है ॥४२॥ सूतजी कहते हैं—हे शौनक ! तदनन्तर भरतवंशी राजा जनमेजयने भक्ति-भाव एवं सत्यसे युक्त श्रद्धापूर्वक एकाग्र चित्तसे हरिवंशकी कथा सुनकर अन्तमें दृढ़ निश्चय करके दम्भ और शठता (कंजूसी) छोड़कर भक्तिपूर्वक व्यास (वक्ता) का पूजन किया। फिर वे बहुत-सा दान करके व्यासका आशीर्वाद ले प्रसन्नमुख होकर अपनी पत्नीके साथ आनन्दपूर्वक रहने लगे ॥ ४३–४५ ॥ वैशम्पायनजी कहते हैं—हे जनमेजय ! हरिवंशके श्रवणसे पूर्वजन्मके पापका नाश हो जानेपर यजमानकी कुलवती पत्नी प्रथम ऋतुकालमें ही गर्भ धारण कर लेती है ॥ ४६ ॥ अथवा दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, छठें, सातवें, नौवें या दसवें मासमें उसे निश्चय ही गर्भ रह जाता है। वन्ध्याके गर्भ-धारणका यह पवित्र लक्षण साक्षात् व्यासजीने कहा है ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ इतिहाससहित इस पुरातन हरिवंशको सुनकर

यथा ॥ ४१ ॥ विप्ररत्नापहारी च सोऽनपत्यः प्रजायते ॥ तेन कार्यं विशुद्ध्यर्थं महारुद्रजपादिकम् ॥ ४२ ॥ अथ पारीक्षितो राजा श्रद्धायुक्तेन चेतसा ॥ भवता सत्ययुक्तेन चैकाग्रमनसा तथा ॥४३॥ श्रुत्वांते निश्चयं कृत्वा दम्भशाठ्यविवर्जितः ॥ श्रुत्वेमं हरिवंशं वै व्यासं संपूज्य भक्तितः ॥ ॥ ४४ ॥ दानं च बहुलं कृत्वा व्यासाशीर्गृह्य भारत ॥ प्रसन्नवदनो भूत्वा रमते रमणीयुतः ॥ ४५ ॥ प्राग्जन्मजनिते पापे क्षीणे वै जनमेजय ॥ ऋतावाद्ये तु संधत्ते गर्भं तस्य कुलाङ्गना ॥ ४६ ॥ द्वितीये वा तृतीये वा चतुर्थे मासि वै पुनः ॥ पञ्चमे वापि षष्ठे वा सप्तमे अष्टमेऽपि वा ॥ ४७ ॥ नवमे दशमे मासि दोहदं निश्चयं भवेत् ॥ व्यासेनोक्तमिदं पुण्यं वन्ध्यागर्भस्य लक्षणम् ॥ ४८ ॥ पितॄनुद्धरते सर्वान्दश पूर्वान्दशापरान् ॥ हरिवंशं नरः श्रुत्वा सेतिहासं पुरातनम् ॥ ४९ ॥ इदं मया तवाग्रे च सर्वं प्रोक्तं नरर्षभ ॥ यस्य श्रवणमात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ५० ॥ अपुत्रः पुत्रमाप्नोति ह्यधनो धनमाप्नुयात् ॥ नरमेधाश्वमेधाभ्यां यत्फलं प्राप्यते नरैः ॥५१॥ तत्फलं लभते सर्वं पुराणश्रवणाद्धरेः ॥ ब्रह्महा भ्रूणहा गोघ्नः सुरापो गुरुतल्पगः ॥ सकृत्पुराणश्रवणात्पूतो भवति नान्यथा ॥५२॥ इदं मया ते परिकीर्तितं महच्छ्रीकृष्णमाहात्म्यमपारमद्भुतम् ॥ शृण्वन्पठन्नाशु समाप्तवान्फलं यच्चापि लोकेषु सुदुर्लभं महत् ॥ ५३ ॥ इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये श्रवणविधौ दानविधानकथनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

मनुष्य अपनी दस पीढ़ी पहलेके समस्त पितरों और दस पीढ़ी बादकी संतानोंका उद्धार कर देता है ॥ ४९ ॥ हे नरश्रेष्ठ ! यह सब माहात्म्य मैंने तुम्हारे सामने कह सुनाया, जिसके श्रवणमात्रसे मनुष्य सब पापोंसे मुक्त हो जाता है ॥ ५० ॥ इससे पुत्रहीनको पुत्र और धनहीनको धनकी प्राप्ति होती है। नरमेध और अश्वमेध यज्ञसे मनुष्योंको जो फल प्राप्त होता है, वह सारा फल श्रीहरिके हरिवंशपुराणका श्रवण करनेसे ही मिल जाता है ॥ ५१ ॥ ब्रह्महत्यारा, गर्भघाती, गोहत्यारा, शराबी और गुरुपत्नीगामी पुरुष भी एक बार इस पुराणका श्रवण कर लेनेसे पवित्र हो जाता है। इसमें अन्यथा विचार नहीं करना चाहिये ॥ ५२ ॥ हे जनमेजय ! यह मैंने तुमसे श्रीकृष्णके अपार, अद्भुत एवं महान् माहात्म्यका वर्णन किया है। इसका श्रवण और पाठ करनेवाला पुरुष तीनों लोकोंमें जो अत्यन्त दुर्लभ है, उस महान् फलको भी शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है ॥ ५३ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे हरिवंशमाहात्म्ये भाषाटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

॥ समाप्तमिदं श्रीहरिवंशमाहात्म्यम् ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ॥ मैं पुत्रकी प्राप्तिके लिए लक्ष्मीपति, कमलनयन, देवकीनन्दन, सर्वपापहारी, मधुसूदन तथा श्रीकृष्णको नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥ मैं पुत्र-प्राप्तिके उद्देश्यसे उन वासुदेव श्रीहरिको प्रणाम करता हूँ, जो यशोदाके अङ्कमें बालगोपालरूपसे विराजमान हैं और नन्दको आनन्द दे रहे हैं ॥ २ ॥ अपनेको पुत्रकी प्राप्तिके लिए मैं मुनि-वन्दित वसुदेव-देवकीनन्दन गोविन्दकी सदा वन्दना करता हूँ ॥३॥ मैं पुत्र पानेकी कामनासे उन यदुकुलतिलक श्रीकृष्णको नमस्कार करता हूँ, जो साक्षात् कमलापति अच्युत (विष्णु) होकर भी गोपबालकरूपसे गौओंकी रक्षामें लगे हुए हैं। मुझे पुत्रकी प्राप्ति हो, इसके लिए मैं पुत्रेष्टि यज्ञका फल देनेवाले कमलनयन लक्ष्मीपति देवकीनन्दन श्रीकृष्णकी वन्दना करता हूँ ॥ ४ ॥ ५ ॥ हे पद्मापते ! कमलनयन ! पद्मनाभ ! जनार्दन ! श्रीश ! वासुदेव ! जगत्पते ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिए ॥६॥ यशोदाके अङ्कमें बालकरूपसे विराजमान तथा अपनी महिमासे

अथ सन्तानगोपालस्तोत्रम् ॥ ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ॥ श्रीशं कमलपत्राक्षं देवकीनन्दनं हरिम् ॥ सुतसम्प्राप्तये कृष्णं नमामि मधुसूदनम् ॥ १ ॥ नमाम्यहं वासुदेवं सुतसम्प्राप्तये हरिम् ॥ यशोदाङ्कगतं बालं गोपालं नन्दनन्दनम् ॥ २ ॥ अस्माकं पुत्रलाभाय गोविन्दं मुनिवन्दितम् ॥ नमाम्यहं वासुदेवं देवकीनन्दनं सदा ॥ ३ ॥ गोपालं डिम्भकं वन्दे कमलापतिमच्युतम् ॥ पुत्रसम्प्राप्तये कृष्णं नमामि यदुपुङ्गवम् ॥ ४ ॥ पुत्र-कामेष्टिफलदं कञ्जाक्षं कमलापतिम् ॥ देवकीनन्दनं वन्दे सुतसम्प्राप्तये मम ॥ ५ ॥ पद्मापते पद्मनेत्र पद्मनाभ जनार्दन ॥ देहि मे तनयं श्रीश वासुदेव जगत्पते ॥ ६ ॥ यशोदाङ्कगतं बालं गोविन्दं मुनिवन्दितम् ॥ अस्माकं पुत्रलाभाय नमामि श्रीशमच्युतम् ॥ ७ ॥ श्रीपते देवदेवेश दीनार्तिहरणाच्युत ॥ गोविन्द मे सुतं देहि नमामि त्वां जनार्दन ॥ ८ ॥ भक्तकामद गोविन्द भक्तं रक्ष शुभप्रद ॥ देहि मे तनयं कृष्ण रुक्मिणी-वल्लभ प्रभो ॥ ९ ॥ रुक्मिणीनाथ सर्वेश देहि मे तनयं सदा ॥ भक्तमन्दार पद्माक्ष त्वामहं शरणं गतः ॥ १० ॥ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥११॥ वासुदेव जगद्वन्द्य श्रीपते पुरुषोत्तम ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥१२॥ कञ्जाक्ष कमलानाथ परकारुणिकोत्तम ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ १३ ॥ लक्ष्मीपते पद्मनाभ मुकुन्द मुनिवन्दित ॥ देहि मे

कभी च्युत न होनेवाले मुनिवन्दित लक्ष्मीपति गोविन्दको मैं प्रणाम करता हूँ। ऐसा करनेसे मुझे पुत्रकी प्राप्ति हो ॥ ७ ॥ हे श्रीपते ! हे देवदेवेश्वर ! दीन-दुखियोंकी पीड़ा दूर करनेवाले हे अच्युत ! हे गोविन्द ! मुझे पुत्र दीजिये। हे जनार्दन ! मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ८ ॥ भक्तोंकी कामना पूर्ण करनेवाले हे गोविन्द ! भक्तकी रक्षा कीजिये। हे शुभदायक ! हे रुक्मिणीवल्लभ ! प्रभो ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिए ॥ ९ ॥ हे रुक्मिणीनाथ ! सर्वेश्वर ! मुझे सदाके लिए पुत्र दीजिए। भक्तोंकी इच्छा पूर्ण करनेके लिए कल्पवृक्षस्वरूप कमलनयन हे श्रीकृष्ण ! मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ १० ॥ हे देवकीपुत्र ! गोविन्द ! वासुदेव ! जगन्नाथ ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिए। मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ११ ॥ हे विश्ववन्द्य वासुदेव ! लक्ष्मीपते ! पुरुषोत्तम ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये। मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ १२ ॥ हे कमलनयन ! कमलाकान्त ! दूसरोंपर दया करनेवालोंमें सर्वश्रेष्ठ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिए । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ १३ ॥ हे लक्ष्मीपते ! पद्मनाभ ! मुनिवन्दित मुकुन्द ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिए । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ १४ ॥ आप कार्य-कारणरूप, सुखदायक एवं विद्वान् हैं । मैं पुत्रकी प्राप्तिके लिए आप वासुदेवको सदा नमस्कार करता हूँ ॥१५॥ हे राजीवनेत्र (कमलनयन) ! रावणारे (रावणके शत्रु) ! हरे ! कवे (विद्वान्) ! देवेश्वर ! विष्णो ! मैं आपको प्रणाम करता हूँ । आप मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ १६ ॥ हे जगदीश्वर ! मैं अपने लिए पुत्र-प्राप्तिके उद्देश्यसे आपकी आराधना करता हूँ । हे रमावल्लभ ! वासुदेव ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ १७ ॥ मानिनी श्रीराधाके मनका अपहरण करनेवाले तथा अपनी आराधना करनेवाली गोपाङ्गनाओंके वस्त्रको यमुनातटसे हटाकर उन्हें सुख प्रदान करनेवाले हे जगन्नाथ ! वासुदेव श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥१८॥ हे यदुनन्दन ! रमापते ! वासुदेव ! मुनिवन्दित ! मुकुन्द ! हमें पुत्रकी प्राप्ति कराइये ॥१९॥ हे वासुदेव ! मुझे बेटा दीजिये । हे माधव ! मुझे तनय (सन्तान) दीजिये । हे श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । हे महाप्रभो ! मुझे वत्स (बच्चा) दीजिये ॥२०॥ हे

तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ १४ ॥ कार्यकारणरूपाय वासुदेवाय ते सदा ॥ नमामि पुत्रलाभार्थं सुखदाय बुधाय ते ॥ १५ ॥ राजीवनेत्र श्रीराम रावणारे हरे कवे ॥ तुभ्यं नमामि देवेश तनयं देहि मे हरे ॥ १६ ॥ अस्माकं पुत्रलाभाय भजामि त्वां जगत्पते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव रमापते ॥ १७ ॥ श्रीमानिनीमानचोर गोपीवस्त्रापहारक ॥ देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव जगत्पते ॥ १८ ॥ अस्माकं पुत्रसम्प्राप्तिं कुरुष्व यदुनन्दन ॥ रमापते वासुदेव मुकुन्द मुनिवन्दित ॥१९॥ वासुदेव सुतं देहि तनयं देहि माधव ॥ पुत्रं मे देहि श्रीकृष्ण वत्सं देहि महाप्रभो ॥२०॥ डिम्भकं देहि श्रीकृष्ण आत्मजं देहि राघव ॥ भक्तमन्दार मे देहि तनयं नन्दनन्दन ॥ २१ ॥ नन्दनं देहि मे कृष्ण वासुदेव जगत्पते ॥ कमलानाथ गोविन्द मुकुन्द मुनिवन्दित ॥ २२ ॥ अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम ॥ सुतं देहि श्रियं देहि श्रियं पुत्रं प्रदेहि मे ॥ २३ ॥ यशोदास्तन्यपानज्ञं पिबन्तं यदुनन्दनम् ॥ वन्देऽहं पुत्रलाभार्थं कपिलाक्षं हरिं सदा ॥ २४ ॥ नन्दनन्दन देवेश नन्दनं देहि मे प्रभो ॥ रमापते वासुदेव श्रियं पुत्रं जगत्पते ॥ २५ ॥ पुत्रं श्रियं श्रियं पुत्रं पुत्रं मे देहि माधव ॥ अस्माकं दीनवाक्यस्य अवधारय श्रीपते ॥२६॥ गोपालडिम्भ

श्रीकृष्ण ! मुझे डिम्भक (पुत्र) दीजिये । हे रघुनन्दन ! मुझे आत्मज (औरस पुत्र) दीजिए । भक्तोंकी अभिलाषा पूर्ण करनेके लिए कल्पवृक्षस्वरूप हे नन्दनन्दन ! मुझे तनय दीजिये ॥२१॥ हे श्रीकृष्ण ! वासुदेव ! जगत्पते ! कमलानाथ ! गोविन्द ! मुनिवन्दित मुकुन्द ! मुझे आनन्ददायक पुत्र प्रदान कीजिए ॥२२॥ हे प्रभो ! यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो दूसरा कोई मुझे शरण देनेवाला नहीं है । आप ही मेरे शरणदाता हैं । मुझे पुत्र दीजिये । सम्पत्ति दीजिये । सम्पत्ति और पुत्र दोनों प्रदान कीजिये ॥ २३ ॥ यशोदाजीके स्तनोंके दुग्धपानके रसको जाननेवाले और उनका स्तनपान करनेवाले और भूरे नेत्रोंसे शोभित यदुनन्दन श्रीकृष्णकी मैं सदा वन्दना करता हूँ । इससे मुझे पुत्रकी प्राप्ति हो ॥ २४ ॥ हे देवेश्वर ! नन्दनन्दन ! प्रभो ! मुझे आनन्ददायक पुत्र दीजिए ॥ २५ ॥ हे माधव ! पुत्र और धन (दीजिए), धन और पुत्र (दीजिए), मुझे पुत्र प्रदान कीजिए । हे श्रीपते ! हमारे दीनतापूर्ण वचनपर ध्यान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दीजिए ॥२६॥ हे गोपकुमार गोविन्द ! रमावल्लभ ! वासुदेव ! जगन्नाथ ! मुझे पुत्र दीजिये, सम्पत्ति दीजिये ॥२७॥ हे देवकीनन्दन ! अच्युत ! मुझे मनोवाञ्छित फल (पुत्र) दीजिए ! हे यदुनन्दन ! मेरी पुत्रविषयक प्रार्थनाको सफल करके मुझे धन्य कीजिये ॥२८॥ भक्तोंके लिये चिन्तामणिस्वरूप हे राम ! हे भक्तवाञ्छाकल्पतरो ! मैं आपसे धन और पुत्रकी याचना करता हूँ। मुझे पुत्र और धन-सम्पत्ति दीजिये ॥ २९ ॥ रे रघुनन्दन ! आप मुझे सदा आनन्ददायक आत्मज, पुत्र, कुमार, डिम्भक (बालक), सुत, अर्भक (बच्चा) एवं तनय (बेटा) दीजिये ॥३०॥ मैं अपने लिये पुत्रकी प्राप्तिके उद्देश्यसे संतानप्रद गोपाल, माधव, भक्तोंका मनोरथ पूर्ण करनेवाले अच्युत एवं गोविन्दकी वन्दना करता हूँ ॥ ३१ ॥ ॐकारयुक्त गोपाल, श्रीयुक्त यदुनन्दन तथा क्लींयुक्त देवकीपुत्र यदुनाथको मैं प्रणाम करता हूँ (अर्थात् 'ॐ श्रीं क्लीं' इन तीनों बीजोंसे युक्त 'देवकीसुत गोविन्द..' इत्यादि मंत्रका मैं आश्रय देता हूँ) ॥ ३२ ॥ हे वासुदेव ! मुकुन्द ! ईश्वर ! गोविन्द ! माधव ! अच्युत ! श्रीकृष्ण ! रमानाथ ! महाप्रभो ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ३३ ॥ हे राजीवनयन (कमल-सदृश नेत्रवाले) ! गोविन्द ! कपिलाक्ष !

गोविन्द वासुदेव रमापते ॥ अस्माकं डिम्भकं देहि श्रियं देहि जगत्पते ॥ २७ ॥ मद्वाञ्छितफलं देहि देवकीनन्दनाच्युत ॥ मम पुत्रार्थितं धन्यं कुरुष्व यदुनन्दन ॥ २८ ॥ याचेऽहं त्वां श्रियं पुत्रं देहि मे पुत्रसम्पदम् ॥ भक्तचिन्तामणे राम कल्पवृक्ष महाप्रभो ॥ २९ ॥ आत्मजं नन्दनं पुत्रं कुमारं डिम्भकं सुतम् ॥ अर्भकं तनयं देहि सदा मे रघुनन्दन ॥ ३० ॥ वन्दे संतानगोपालं माधवं भक्तकामदम् ॥ अस्माकं पुत्रसंप्राप्त्यै सदा गोविन्दमच्युतम् ॥ ३१ ॥ ॐकारयुक्तं गोपालं श्रीयुक्तं यदुनन्दनम् ॥ क्लींयुक्तं देवकीपुत्रं नमामि यदुनायकम् ॥ ३२ ॥ वासुदेव मुकुन्देश गोविन्द माधवाच्युत ॥ देहि मे तनयं कृष्ण रमानाथ महाप्रभो ॥ ३३ ॥ राजीवनेत्र गोविन्द कपिलाक्ष हरे प्रभो ॥ समस्तकाम्यवरद देहि मे तनयं सदा ॥ ३४ ॥ अब्जपद्मनिभं पद्मवृन्दरूप जगत्पते ॥ देहि मे वरसत्पुत्रं रमानायक माधव ॥ ३५ ॥ नन्दपाल धरापाल गोविन्द यदुनन्दन ॥ देहि मे तनयं कृष्ण रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥ ३६ ॥ दासमन्दार गोविन्द मुकुन्द माधवाच्युत ॥ गोपाल पुण्डरीकाक्ष देहि मे तनयं श्रियम् ॥३७॥ यदुनायक पद्मेश नन्दगोपवधूसुत ॥ देहि मे तनयं कृष्ण श्रीधर प्राणनायक ॥३८॥ अस्माकं वाञ्छितं देहि देहि पुत्रं रमापते ॥ भगवन् कृष्ण सर्वेश वासुदेव जगत्पते ॥ ३९ ॥ रमाहृदयसम्भार सत्यभामामनःप्रियः ॥ देहि ने तनयं कृष्ण रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥ ४० ॥

हरे ! प्रभो ! सम्पूर्ण कमनीय मनोरथोंकी सिद्धिके लिये वर देनेवाले हे श्रीकृष्ण ! मुझे सदाके लिए पुत्र दीजिये ॥ ३४ ॥ नीलकमलसमूहके समान श्यामसुन्दर रूपवाले हे जगन्नाथ ! रमानायक ! माधव ! मुझे जलज कमलके सदृश मनोहर एवं श्रेष्ठ सत्पुत्र प्रदान कीजिये ॥३५॥ हे अजगर और वरुणके दूतोंसे नन्दकी रक्षा करनेवाले ! पृथ्वीपालक ! यदुनन्दन ! गोविन्द ! प्रभो ! रुक्मिणीवल्लभ श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ३६ ॥ अपने सेवकोंकी इच्छा पूर्ण करनेके लिए कल्पवृक्षस्वरूप हे गोविन्द ! मुकुन्द ! माधव ! अच्युत ! गोपाल ! पुण्डरीकाक्ष (कमलनयन) ! मुझे संतान और सम्पत्ति दीजिए ॥ ३७ ॥ हे यदुनायक ! लक्ष्मीपते ! यशोदानन्दन ! श्रीधर ! प्राणवल्लभ ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ३८ ॥ हे रमापते ! भगवन् ! सर्वेश्वर ! वासुदेव ! जगत्पते ! श्रीकृष्ण ! हमें मनोवाञ्छित वस्तु दीजिये। पुत्र प्रदान कीजिये ॥३९॥ हे रमा (लक्ष्मी) का अपने वक्षःस्थलमें धारण करनेवाले ! सत्यभामाके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चन्द्रमा और सूर्यरूप नेत्र धारण करनेवाले हे गोविन्द ! कमलनयन ! माधव ! देव ! जगदीश्वर ! हमें भाग्य-
हृदयवल्लभ तथा रुक्मिणीके प्राणनाथ हे प्रभो ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ४० ॥ चन्द्रमा और सूर्यरूप नेत्र धारण करनेवाले हे गोविन्द ! कमलनयन ! माधव ! देव ! जगदीश्वर ! हमें भाग्य-शाली श्रेष्ठ पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ४१ ॥ हे करुणामय ! कमलनयन ! पद्मनाभ ! श्रीविष्णुसे सम्मानित देवकीनन्दन श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ४२ ॥ हे देवकीपुत्र ! श्रीनाथ ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ४२ ॥ हे देवकीपुत्र ! श्रीनाथ ! वासुदेव ! जगत्पते ! समस्त मनोवाञ्छित फलोंको देनेवाले श्रीकृष्ण ! मुझे सदा पुत्र दीजिये ॥ ४३ ॥ हे भक्तवांछाकल्पतरो ! गम्भीर स्वभाववाले कल्याणकारी अच्युत ! माधव ! ग्वाल-बालोंपर स्नेह करनेवाले श्रीपते ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ४४ ॥ हे श्रीकान्त ! वसुदेवनन्दन ! ईश्वर ! देवकीके प्रिय पुत्र ! भक्तोंके लिये कल्पवृक्ष स्वरूप ! जगत्पते ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । ४५ ॥ हे जगन्नाथ ! रमानाथ ! पृथिवीनाथ ! दयानिधे ! वासुदेव ! ईश्वर ! सर्वेश्वर ! प्रभो ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥४६॥ हे श्रीनाथ ! कमलदलोचन ! वासुदेव ! जगत्पते ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ४७ ॥ अपने दासोंके लिए कल्पवृक्ष हे गोविन्द ! भक्तोंकी इच्छापूर्तिके लिये चिन्तामणि-

कारुण्यरूप पद्माक्ष पद्मनाभसमर्चित ॥ देहि मे
चन्द्रसूर्याक्ष गोविन्द पुण्डरीकाक्ष माधव ॥ अस्माकं भाग्यसत्पुत्रं देहि देव जगत्पते ॥ ४१ ॥ कारुण्यरूप पद्माक्ष पद्मनाभसमर्चित ॥ देहि मे तनयं कृष्ण देवकीनन्दनन्दन ॥ ४२ ॥ देवकीसुत श्रीनाथ वासुदेव जगत्पते ॥ समस्तकामफलद देहि मे तनयं सदा ॥ ४३ ॥ भक्तमन्दार गम्भीर शङ्कराच्युत माधव ॥ देहि मे तनयं गोपबालवत्सल श्रीपते ॥ ४४ ॥ श्रीपते वासुदेवेश देवकीप्रियनन्दन ॥ भक्तमन्दार मे देहि तनयं जगतां प्रभो ॥ ४५ ॥ जगन्नाथ रमानाथ भूमिनाथ दयानिधे ॥ वासुदेवेश सर्वेश देहि मे तनयं प्रभो ॥ ४६ ॥ श्रीनाथ कमलपत्राक्ष वासुदेव जगत्पते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ४७ ॥ दासमन्दार गोविन्द भक्तचिन्तामणे प्रभो ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ४८ ॥ गोविन्द पुण्डरीकाक्ष रमानाथ महाप्रभो ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ४९ ॥ श्रीनाथ कमलपत्राक्ष गोविन्द मधुसूदन ॥ मत्पुत्रफलसिद्धयर्थं भजामि त्वां जनार्दन ॥ ५० ॥ स्तन्यं पिबन्तं जननीमुखाम्बुजं विलोक्य मन्दस्मितमुज्ज्वलाङ्गम् ॥ स्पृशन्त-मन्यस्तनमङ्गुलीभिर्वन्दे यशोदाङ्कगतं मुकुन्दम् ॥ ५१ ॥ याचेऽहं पुत्रसंतानं भवन्तं पद्मलोचन ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ५२ ॥ अस्माकं पुत्रसम्पत्तेश्चिन्तयामि जगत्पते ॥ शीघ्रं मे देहि दातव्यं भवता मुनिवन्दित ॥ ५३ ॥ वासुदेव जगन्नाथ श्रीपते पुरुषोत्तम ॥ कुरु मां

स्वरूप हे प्रभो ! श्रीकृष्ण ! मैं आपकी शरणमें आया हूँ, मुझे पुत्रदान दीजिये ॥४८॥ हे गोविन्द ! पुण्डरीकाक्ष ! रमानाथ ! महाप्रभो ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥४९॥ हे श्रीनाथ ! कमलदललोचन ! गोविन्द ! मधुसूदन ! जनार्दन ! मैं अपने लिए पुत्ररूप फलकी सिद्धिके निमित्त आपकी आराधना करता हूँ ॥ ५० ॥ जो मैया यशोदाके मुखारविन्दको ओर देखते हुए मन्द मुस्कराहटके साथ उनके एक स्तनका दूध पी रहे हैं और दूसरे स्तनका अङ्गुलियोंसे स्पर्श कर रहे हैं तथा जिनका प्रत्येक अङ्ग उज्ज्वल आभासे प्रकाशित होता है, मैया यशोदाके अङ्कमें बैठे हुए उन बाल-मुकुन्दकी मैं वन्दना करता हूँ ॥५१॥ हे कमललोचन ! मैं आपसे पुत्र-संततिकी याचना करता हूँ । हे श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ५२ ॥ हे जगत्पते ! हमें पुत्रकी प्राप्ति हो, इस उद्देश्य हम आपका चिन्तन करते हैं । आप मुझे शीघ्र पुत्र प्रदान कीजिये । हे मुनिवन्दित श्रीकृष्ण ! आपको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुझे अवश्य मेरी प्रार्थित वस्तु अर्थात् सन्तान दीजिए ॥५३॥ हे वासुदेव ! जगन्नाथ ! श्रीपते ! पुरुषोत्तम ! देवेन्द्रपूजित श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्रदान दीजिये ॥५४॥ हे यशोदाके प्रिय नन्दन ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये । हे हरे ! आपको मुझे पुत्ररूप सन्तानका दान अवश्य करना चाहिये ॥५५॥ हे वासुदेव ! जगन्नाथ ! गोविन्द ! देवकीकुमार ! कौसल्याके प्रिय पुत्र राम ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥५६॥ हे कमललोचन ! गोविन्द ! विष्णो ! वामन ! माधव ! सीताके प्राणवल्लभ ! रघुनन्दन ! मुझे पुत्र दीजिये ॥५७॥ हे कमलनयन श्रीकृष्ण! देवराजसे अलंकृत एवं पूजित हे हरे ! लक्ष्मणके बड़े भैया मुनिवन्दित श्रीराम ! मुझे सदाके लिये पुत्र प्रदान कीजिये ॥५८॥ दशरथके प्रिय नन्दन हे श्रीराम ! सीतापते ! कमलनयन ! मुचुकुन्दको वर देनेवाले श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥५९॥ हे माधव ! आपने पूर्वकालमें जैसे विभीषणको लंकाका राज्य दिया था, उसी प्रकार हमें पुत्र दीजिये ॥६०॥ हे सीताके प्राणवल्लभ रघुनन्दन !

पुत्रदत्तं च कृष्ण देवेन्द्रपूजित ॥ ५४ ॥ कुरु मां पुत्रदत्तं च यशोदाप्रियनन्दन ॥ मह्यं च पुत्रसंतानं दातव्यं भवता हरे ॥ ५५ ॥ वासुदेव जगन्नाथ गोविन्द देवकीसुत ॥ देहि मे तनयं राम कौसल्याप्रियनन्दन ॥ ५६ ॥ पद्मपत्राक्ष गोविन्द विष्णो वामन माधव ॥ देहि मे तनयं सीताप्राणनायक राघव ॥ ५७ ॥ कञ्जाक्ष कृष्ण देवेन्द्रमण्डित मुनिर्वन्दित ॥ लक्ष्मणाग्रज श्रीराम देहि मे तनयं सदा ॥ ५८ ॥ देहि मे तनयं राम दशरथप्रियनन्दन ॥ सीतानायक कञ्जाक्ष मुचुकुन्दवरप्रद ॥ ५९ ॥ विभीषणस्य या लङ्का प्रदत्ता भवता पुरा ॥ अस्माकं तत्प्रकारेण तनयं देहि माधव ॥ ६० ॥ भवदीयपदाम्भोजे चिन्तयामि निरन्तरम् ॥ देहि मे तनयं सीताप्राणवल्लभ राघव ॥ ६१ ॥ राम मत्काम्यवरद पुत्रोत्पत्तिफलप्रद ॥ देहि मे तनयं श्रीश कमलासनवन्दित ॥ ६२ ॥ राम राघव सीतेश लक्ष्मणानुज देहि मे ॥ भाग्यवत्पुत्रसंतानं दशरथात्मज श्रीपते ॥ ६३ ॥ देवकीगर्भसंजात यशोदाप्रियनन्दन ॥ देहि मे तनयं राम कृष्ण गोपाल माधव ॥ ६४ ॥ कृष्ण माधव गोविन्द वामनाच्युत शङ्कर ॥ देहि मे तनयं श्रीश गोपबालकनायक ॥६५॥ गोपबाल महाधन्य गोविन्दाच्युत माधव ॥ देहि मे तनयं कृष्ण वासुदेव जगत्पते ॥ ६६ ॥ दिशतु दिशतु पुत्रं देवकीनन्दनोऽयं दिशतु दिशतु शीघ्रं भाग्यवत्पुत्रलाभम् ॥ दिशतु दिशतु श्रीशो राघवो रामचन्द्रो दिशतु दिशतु पुत्रं वंश-

में आपके चरणारविन्दका निरन्तर चिन्तन करता हूँ, मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥६१॥ मुझे मनोवांछित वर और पुत्रोत्पत्तिरूपी फल देनेवाले हे श्रीराम ! ब्रह्माजीके द्वारा वन्दित लक्ष्मीपते ! आप मुझे पुत्र दीजिये ॥६२॥ हे लक्ष्मणके बड़े भाई ! सीताके प्राणवल्लभ ! दशरथकुमार ! रघुनन्दन ! श्रीराम ! श्रीपते ! आप मुझको भाग्यशाली पुत्ररूप सन्तान दीजिये ॥ ६३ ॥ हे देवकीके गर्भसे उत्पन्न यशोदाके लाडले लाल ! गोपाल कृष्ण ! राम ! माधव ! मुझे पुत्र दीजिये ॥६४॥ हे माधव ! गोविन्द ! वामन ! अच्युत ! कल्याणकारी श्रीपते ! गोपबालकनायक ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥६५॥ हे गोपकुमार ! हे सबसे बढ़कर धन्य ! गोविन्द ! अच्युत ! माधव ! वासुदेव ! जगत्पते ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ६६ ॥ ये भगवान् देवकीनन्दन मुझे पुत्र दें । शीघ्र ही भाग्यवान् पुत्रकी प्राप्ति करावें । हे सीताके स्वामी ! हे रघुकुलनन्दन श्रीरामचन्द्र ! आप मेरे वंशके विस्तारके लिये मुझे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंश पुराण

पुत्र प्रदान करें ॥ ६७ ॥ वसुदेवनन्दन भगवान श्रीकृष्ण तथा सीतापति भगवान् श्रीराम सदा मुझे आनन्ददायक कुमारोपम प्रिय पुत्र प्रदान करें ॥ ६८ ॥ हे राघव ! गोविन्द ! देवकी-पुत्र ! माधव ! श्रीपते ! गोपबालकनायक श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये ॥ ६९ ॥ हे मधुसूदन ! मुझे वंशका विस्तार करनेवाला पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ७० ॥ हे कंसारे ! माधव ! अच्युत ! मुझे मनोवांछित पुत्र प्रदान कीजिये, पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ७१ ॥ हे माधव ! जबतक चन्द्रमा, सूर्य और कल्पकी स्थिति रहे, तबतकके लिये मुझे पुत्रपरम्परा प्रदान कीजिये, पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥७२॥ हे प्रभो ! देवकीनन्दन श्रीकृष्ण ! आप सदा मेरे लिये विद्वान्, बुद्धिमान् और धनसम्पन्न पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ७३ ॥ हे कमलनयन श्रीकृष्ण ! मैं पुत्रकी प्राप्तिके लिये समस्त कामनाओंके दाता आप पुण्डरीकाक्ष

विस्तारहेतोः ॥६७॥ दीयतां वासुदेवेन तनयो मत्प्रियः सुतः ॥ कुमारो नन्दनः सीतानायकेन सदा मम ॥ ६८ ॥ राम राघव गोविन्द देवकीसुत माधव ॥ देहि मे तनयं श्रीश गोपबालकनायक ॥६९॥ वंशविस्तारकं पुत्रं देहि मे मधुसूदन ॥ सुतं देहि सुतं देहि त्वामहं शरणं गतः ॥ ७० ॥ ममाभीष्टसुतं देहि कंसारे माधवाच्युत ॥ सुतं देहि सुतं देहि त्वामहं शरणं गतः ॥ ७१ ॥ चन्द्रार्ककल्पपर्यन्तं तनयं देहि माधव ॥ सुतं देहि सुतं देहि त्वामहं शरणं गतः ॥ ७२ ॥ विद्यावन्तं बुद्धिमन्तं श्रीमन्तं तनयं सदा ॥ देहि मे तनयं कृष्ण देवकीनन्दन प्रभो ॥७३॥ नमामि त्वां पद्मनेत्र सुतलाभाय कामदम् ॥ मुकुन्दं पुण्डरीकाक्षं गोविन्दं मधुसूदनम् ॥७४॥ भगवन् कृष्ण गोविन्द सर्वकामफलप्रद ॥ देहि मे तनयं स्वामिंस्त्वामहं शरणं गतः ॥ ७५ ॥ स्वामिस्त्वं भगवन् राम कृष्ण माधव कामद ॥ देहि मे तनयं नित्यं त्वामहं शरणं गतः ॥७६॥ तनयं देहि गोविन्द कञ्जाक्ष कमलापते ॥ सुतं देहि सुतं देहि त्वामहं शरणं गतः ॥७७॥ पद्मापते पद्मनेत्र प्रद्युम्नजनक प्रभो ॥ सुतं देहि सुतं देहित्वामहं शरणं गतः ॥७८॥ शङ्खचक्रगदाखड्गशार्ङ्गपाणे रमापते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ७९ ॥ नारायण रमानाथ राजीवपत्रलोचन ॥ सुतं मे देहि देवेश पद्मपद्मानुवन्दित ॥ ८० ॥ राम राघव गोविन्द देवकीवरनन्दन ॥ रुक्मिणीनाथ सर्वेश नारदादिसुरार्चित ॥ ८१ ॥ देवकीसुत

श्रीकृष्ण मुकुन्द मधुसूदन गोविन्दको प्रणाम करता हूँ ॥७४॥ हे सम्पूर्ण मनोवांछित फलोंके दाता ! गोविन्द ! स्वामिन् ! भगवन् ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥७५॥ हे स्वामिन् ! भगवन् ! राम ! कृष्ण ! कामनाओंके दाता माधव ! मुझे सदाके लिए पुत्र प्रदान कीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥७६॥ हे गोविन्द ! कमलनयन ! कमलापते ! मुझे पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ७७ ॥ हे लक्ष्मीपते ! कमललोचन ! प्रद्युम्नको जन्म देनेवाले प्रभो ! मुझे पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ७८ ॥ अपने हाथोंमें शंख, चक्र, गदा, खड्ग और शार्ङ्गधनुष धारण करनेवाले हे रमापते ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ७९ ॥ हे नारायण ! रमानाथ ! कमलदललोचन ! देवेश्वर ! कमलालया लक्ष्मीसे वन्दित श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ८० ॥ हे राम ! राघव ! गोविन्द !

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवकीके श्रेष्ठ पुत्र ! रुक्मिणीनाथ ! सर्वेश्वर ! नारदादि महर्षियों तथा दवताआस पूजत देवकीकुमार हे गोविन्द ! वासुदेव ! जगत्पते ! श्रीकान्त ! गोपबालकनायक ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ हे मुनिवन्दित गोविन्द ! रुक्मिणीवल्लभ ! प्रभो ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ८३ ॥ गोपियों द्वारा लाकर समर्पित किये गये कमलोंके मकरन्दमें आसक्त चित्तवाले हे श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥८४॥ लक्ष्मीके हृदयकमलके लिये लोलुप हे माधव ! समस्त कामनाओंके दाता श्रीकृष्ण ! मुझे मनोवांछित पुत्र प्रदान कीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥८५॥ अपने सेवकोंके लिये मंगलदायक रमानाथ वासुदेव हे श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥८६॥ हे कल्याणप्रद ! मुनिवन्दित तथा मुरशत्रु श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये । मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥ ८७ ॥ हे पुत्रदाता मुकुन्द ! ईश्वर ! रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥८८॥ हे पुण्डरीकाक्ष ! गोविन्द ! वासुदेव ! जगदीश्वर ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥८९॥

गोविन्द वासुदेव जगत्पते ॥ देहि मे तनयं श्रीश गोपबालकनायक ॥ ८२ ॥ मुनिवन्दित गोविन्द रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८३ ॥ गोपिकार्जितपङ्केजमरन्दासक्तमानस ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८४ ॥ रमाहृदयपङ्केजलोल माधव कामद ॥ मामभीष्टसुतं देहि त्वामहं शरणं गतः ॥ ८५ ॥ वासुदेव रमानाथ दासानां मङ्गलप्रद ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८६ ॥ कल्याणप्रद गोविन्द मुरारे मुनिवन्दित ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८७ ॥ पुत्रप्रद मुकुन्देश रुक्मिणीवल्लभ प्रभो ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८८ ॥ पुण्डरीकाक्ष गोविन्द वासुदेव जगत्पते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ८९ ॥ दयानिधे वासुदेव मुकुन्द मुनिवन्दित ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ९० ॥ पुत्रसम्पत्प्रदातारं गोविन्दं देवपूजितम् ॥ वन्दामहे सदा कृष्णं पुत्रलाभप्रदायिनम् ॥९१॥ कारुण्यनिधये गोपीवल्लभाय मुरारये ॥ नमस्ते पुत्रलाभार्थं देहि मे तनयं विभो ॥९२॥ नमस्तस्मै रमेशाय रुक्मिणीवल्लभाय ते ॥ देहि मे तनयं श्रीश गोपबालकनायक ॥ ९३ ॥ नमस्ते वासुदेवाय नित्यश्रीकामुकाय च ॥ पुत्रदाय च सर्पेन्द्रशायिने रङ्गशायिने ॥ ९४ ॥ रङ्गशायिन् रमानाथ मङ्गलप्रद माधव ॥ देहि मे तनयं श्रीश गोपबालकनायक ॥९५॥ दासस्य मे सुतं देहि दीनमन्दार राघव ॥

हे दयानिधे ! वासुदेव ! मुनिवन्दित मुकुन्द ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र प्रदान कीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥९०॥ पुत्र और सम्पत्तिके दाता, पुत्र-लाभदायक और देवपूजित गोविन्द श्रीकृष्णकी हम सदा वन्दना करते हैं ॥९१॥ हे प्रभो ! आप करुणाके सागर, गोपियोंके प्राणवल्लभ और मुरनामक दैत्यके शत्रु हैं, पुत्रकी प्राप्तिके लिये आपका मेरा नमस्कार है । मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ९२ ॥ हे लक्ष्मीके स्वामी तथा रुक्मिणी ः प्राणवल्लभ ! आप भगवान् श्रीकृष्णको नमस्कार है । गोपबालकोंके नायक हे श्रीकान्त ! मुझे पुत्र दीजिये ॥९३॥ सदा ही श्रीजीकी कामना रखनेवाले आप वासुदेवको नमस्कार है । आप पुत्रदायक, नागराज शेषकी शय्यापर शयन करनेवाले तथा श्रीरङ्ग-क्षेत्रमें सोनेवाले हैं, आपको नमस्कार है ९४ ॥ हे रङ्गशायी रमानाथ ! मङ्गलदायक माधव ! गोपबालकनायक श्रीपते ! मुझको पुत्र प्रदान कीजिये ॥ ९५ ॥ दीनोंके लिए कल्पवृक्षस्वरूप हे रघुनन्दन ! मुझ दासको पुत्र दीजिये ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुतं देहि सुतं देहि पुत्रं देहि रमापते ॥ ९६ ॥ यशोदातनयाभीष्टपुत्रदानरतः सदा ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ९७ ॥ मदिष्टदेव गोविन्द वासुदेव जनार्दन ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ९८ ॥ नीतिमान् धनवान् पुत्रो विद्यावांश्च प्रजायते ॥ भगवंस्त्वत्कृपायाश्च वासुदेवेन्द्रपूजित ॥ ९९ ॥ यः पठेत् पुत्रशतकं सोऽपि सत्पुत्रवान् भवेत् ॥ श्रीवासुदेवकथितं स्तोत्ररत्नं सुखाय च ॥ १०० ॥ जपकाले पठेन्नित्यं पुत्रलाभं धनं श्रियम् ॥ ऐश्वर्यं राजसम्पन्नं सद्यो याति न संशयः ॥ १०१ ॥ इति श्रीसन्तानगोपालस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

हे रमापते ! मुझको पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये, पुत्र दीजिये ॥९६॥ सदा मनोवांछित पुत्र देनेमें तत्पर रहनेवाले यशोदानन्दन हे श्रीकृष्ण ! मैं आपकी शरणमें आया हूँ, मुझको पुत्र प्रदान कीजिये ॥९७॥ मेरे इष्टदेव हे गोविन्द ! वासुदेव ! जनार्दन ! श्रीकृष्ण ! मुझे पुत्र दीजिये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ ॥९८॥ हे भगवन् ! इन्द्रपूजित वासुदेव ! आपकी कृपासे नीतिज्ञ, धनवान् और विद्वान् पुत्र उत्पन्न होता है ॥९९॥ जो श्रीवासुदेवकथित इस पुत्रशतकका पाठ करता है, वह भी उत्तम पुत्रसे सम्पन्न होता है । यह स्तोत्ररत्न सुखकी भी प्राप्ति करानेवाला है ॥ १०० ॥ जो प्रतिदिन जपके समय इसका पाठ करता है, उसे तत्काल पुत्रलाभ होता है तथा वह शीघ्र ही धन, सम्पत्ति, ऐश्वर्य एवं राजसम्मान प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं है ॥ १०१ ॥ इति श्रीसन्तानगोपालस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ सन्तानगोपालमन्त्रविधिः ।

श्रीगणेशाय नमः । अब संतानगोपालमंत्रके अनुष्ठानकी विधि बतायी जा रही है । निम्नाङ्कित वाक्य पढ़कर विनियोग करे—

अस्य श्रीसन्तानगोपालमन्त्रस्य श्रीनारद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीकृष्णो देवता, ग्लौं बीजम्, नमः शक्तिः, पुत्रार्थे जपे विनियोगः ।

अङ्गन्यासः ।

'देवकीसुत गोविन्द' हृदयाय नमः ।

इस वाक्यको बोलकर दाहिने हाथकी मध्यमा, अनामिका और तर्जनी अङ्गुलियोंसे हृदयका स्पर्श करे ।

'वासुदेव जगत्पते' शिरसे स्वाहा ।

इस वाक्यको बोलकर सिरका स्पर्श करे ।

'देहि मे तनयं कृष्ण' शिखायै वषट् ।

इस वाक्यको बोलकर दाहिने हाथके अंगूठेसे शिखाका स्पर्श करे ।

'त्वामहं शरणं गतः' कवचाय हुम् ।

इस वाक्यको बोलकर दाहिने हाथकी पाँचों अंगुलियोंसे बायीं भुजाका और बायें हाथकी पाँचों अंगुलियोंसे दाहिनी भुजाका स्पर्श करे ।

'ॐ नमः' अस्त्राय फट् ।

इस वाक्यको बोलकर दाहिने हाथको सिरके ऊपर बायीं ओरसे पीछेकी ओर ले जाकर दाहिनी ओरसे आगेकी ओर ले आये और तर्जनी तथा मध्यमा अंगुलियोंसे बायें हाथकी हथेलीपर ताली बजाये ।

इसके पश्चात् निम्नाङ्कित रूपसे ध्यान करे—

वैकुण्ठादागतं कृष्णं रथस्थं करुणानिधिम् ।
किरीटिसारथिं पुत्रमानयन्तं परात्परम् ॥१॥
आदाय तं जलस्थं च गुरवे वैदिकाय च ।
अर्पयन्तं महाभागं ध्यायेत् पुत्रार्थमच्युतम् ॥२॥

'पार्थसारथि अच्युत भगवान् श्रीकृष्ण करुणाके सागर हैं । वे जलमें डूबे हुए गुरु-पुत्रको लेकर आ रहे हैं । वे वैकुण्ठसे अभी-अभी पधारे हैं और रथपर विराजमान हैं । अपने वैदिक गुरु सान्दीपनिको उनका पुत्र अर्पित कर रहे हैं—साधक पुरुष पुत्रकी प्राप्तिके लिए इस रूपमें महाभाग भगवान् श्रीकृष्णका चिन्तन करे' ॥ १ ॥ २ ॥

मूलमन्त्रः ।

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते ॥ देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥

यह सम्पूर्ण मन्त्र है । इसका तीन लाख जप करना चाहिये ।

इस मन्त्रका भावार्थ इस प्रकार है—सच्चिदानन्दस्वरूप, ऐश्वर्यशाली, शक्तिशाली, कामनापूरक, सौभाग्यस्वरूप, देवकीनन्दन ! गोविन्द ! वासुदेव ! जगत्पते ! हे श्रीकृष्ण ! मैं आपकी शरणमें आया हूँ, आप मुझे पुत्र प्रदान कीजिये ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ प्रकारान्तरेण सन्तानगोपालमन्त्रः ।

विनियोगः ।

अस्य श्रीसंतानगोपालमन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिर्गायत्रीच्छन्दः, श्रीकृष्णो देवता, क्लीं बीजम्, नमः शक्तिः, पुत्रार्थे जपे विनियोगः ।

अङ्गन्यासः ।

ग्लौं हृदयाय नमः । क्लीं शिरसे स्वाहा । ह्रीं शिखायै वषट् । श्रीं कवचाय हुम् । ॐ अस्त्राय फट् ।

ध्यानम् ।

शंखचक्रगदापद्मं दधानं सूतिकागृहे ।
अङ्के चक्रगदापद्मं देवक्याः कृष्णं वन्दे विमुक्तये ॥

जो सूतिकागृह में शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म धारण करके माता देवकीकी गोदमें सो रहे हैं, उन भगवान् श्रीकृष्णकी मैं (सन्तान एवं) मोक्षकी प्राप्तिके लिये वन्दना करता हूँ ।

मूल मन्त्र इस प्रकार है—

ॐ नमो भगवते जगदात्मसूतये नमः' ।

(सम्पूर्ण जगत् जिनकी अपनी सन्तान है, उन भगवान् श्रीकृष्णको नमस्कार है)

इस मन्त्रका भी तीन लाख जप करना चाहिये ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ सनत्कुमारोक्तः सन्तानगोपालमन्त्रः ।

विनियोगः ।

ॐ अस्य श्रीसन्तानगोपालमन्त्रस्य श्रीनारद ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीकृष्णो देवता, ग्लौं बीजम्, नमः शक्तिः, पुत्रार्थे जपे विनियोगः ।

अङ्गन्यासः ।

इस मन्त्रका भी अङ्गन्यास ठीक वैसा ही है, जैसा कि द्वितीय मन्त्रका है । अथवा—

'देवकीसुत गोविन्द' हृदयाय नमः । 'वासुदेव जगत्पते' शिरसे स्वाहा । 'देहि मे तनयं कृष्ण' शिखायै वषट् । 'त्वामहं शरणं गतः' कवचाय हुम् । 'देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते । देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ।' अस्त्राय फट् ।

ध्यानम् ।

शङ्खचक्रगदापद्मं धारयन्तं जनार्दनम् ।
अङ्के शयानं देवक्याः सूतिकामन्दिरे शुभे ॥
एवंरूपं सदा कृष्णं सुतार्थं भावयेत् सुधीः ॥

उत्तम बुद्धिवाला साधक पुत्रकी प्राप्तिके लिये सदा ऐसे रूपवाले जनार्दन भगवान् श्रीकृष्णका चिन्तन करे—जो मङ्गलमय सूतकागारमें शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म धारण करके देवकीकी गोदमें शयन कर रहे हैं ।

सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार है—

ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥

इसका भी तीन लाख जप करे ।

इस मन्त्रके पूजन आदिका विधान जैसा सनत्कुमारजीने बताया है, इस प्रकार है—वैष्णव-पीठपर देवताओंका आवाहन करके उनकी पूजा करे । प्रथम आवृत्ति (आवरण) में छः कोणोंमेंसे आग्नेय कोणमें 'हृदयाय नमः' नैर्ऋत्य कोणमें 'शिरसे स्वाहा', वायव्यकोणमें 'शिखायै वषट्', ईशानकोणमें 'कवचाय हुम्', अग्रभागमें 'नेत्रत्रयाय वौषट्' तथा पूर्व आदि चारों दिशाओंमें 'अस्त्राय फट्' इस प्रकार मन्त्रोच्चारणपूर्वक क्रमशः हृदय आदि अङ्गोंकी पूजा करे ।

दूसरे आवरणमें पीठकी पूर्व आदि आठ दिशाओंमें क्रमशः इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, कुबेर और ईशानकी पूजा करे ।

तीसरे आवरणमें उन्हीं दिशाओंमें क्रमशः वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश, अंकुश, गदा और शूलकी पूजा करे ।

शुक्लपक्षकी दशमी तिथिको आधी रातके समय भगवान् श्रीकृष्णकी पूजा करे । पूजाके लिये स्वस्तिकको रचना करके उसपर घीसे भरा हुआ सकोरा या कोसा स्थापित करे । उसमें रुईकी बत्ती डालकर उत्तम दीप प्रज्वलित करे । तत्पश्चात् अष्टदल कमल बनाकर उसपर स्थापित श्रीकृष्णकी पूजा करे । फिर दो कलशोंको जलसे भरकर उनकी विधिवत् स्थापना करके सम्पूर्ण उपचारोंसे पूजा करे । तत्पश्चात् उन कलशोंमें भक्तिपूर्वक भगवान् श्रीकृष्णका आवाहन करके पुनः उनका पूर्वोक्त रीतिसे पूजन करे । तदनन्तर उन दोनों कलशोंका स्पर्श करके अनन्यभावसे एक हजार आठ अथवा एक सौ आठ बार उपर्युक्त मन्त्रका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जप करे। इसके बाद द्वादशीको गोविन्दकी विधिपूर्वक पूजा करके अगहनी चावलकी स्वादिष्ट खीर तथा गायके घी और गुड़से युक्त पकवानका भोग अर्पण करे। इन सबके साथ सामयिक फल भी होना चाहिये। इसके अतिरिक्त दाल, भात, स्वादिष्ट सुस्निग्ध व्यञ्जन, कपिला गायके दूध-का दही और खाँड़ भी रहना चाहिये। इन समस्त भोज्य पदार्थोंको सोनेके पात्रमें रखकर इनके पात्रभूत भगवान् विष्णुको इन्हें निवेदन करे। साथ ही साथ कपूर और गुलाबजलसे सुवासित तथा कपड़ेसे छाना हुआ स्वच्छ जल अर्पण करे।

इसके बाद अपनी आर्थिक शक्तिके अनुसार शुद्धबुद्धिसे भगवान् श्रीकृष्णपर श्रद्धा रखते हुए अपनी सम्पूर्ण कामना-ओंकी पूर्तिके लिए ब्राह्मणोंको भोजन कराये। संस्कारयुक्त अग्निमें भगवान् विष्णुका आवाहन करके अर्घ्य आदिसे उनका पूजन करे। फिर १०८ अथवा २८ बार हविष्य (खीर) की आहुति देकर शेष हविष्यको कहीं सुरक्षित रख दे। इसके बाद घीकी ८०० आहुतियाँ दें। हुतशेष घृतको उक्त दोनों कलशोंमें गिराकर उनके घृतमिश्रित जल द्वारा दम्पती (यजमान और उसकी पत्नी दोनों) का अभिषेक करे। तदनन्तर जलमय श्रीहरिका ध्यान करते हुए ब्राह्मण पुनः उन कलशोंके जलसे उन दोनोंका अभिषेक करके एक सौ आठ बार पूर्वोक्त मन्त्रका जप करनेके पश्चात् शेष बचे हुए हविष्यको यजमान-पत्नीके हाथमें दे दे।

यजमान-पत्नी उस हविष्यको लेकर श्रीकृष्णका ध्यान करती हुई एक सुखद आसनपर पूर्वाभिमुख होकर बैठ जाय और उसका भक्षण करे। उस समय यह भावना करे कि इस हविष्यके साथ भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं मेरे उदरमें आकर विराजमान हो गये हैं। फिर जब श्रेष्ठ ब्राह्मण लोग अच्छी तरह भोजन कर लें, तब यजमान पान और मोदक आदिसे उन्हें तृप्त करे। तत्पश्चात् वह श्रीविष्णुके चिन्तनपूर्वक उन ब्राह्मणोंके चरणोंमें मस्तक झुकावे। उस समय ब्राह्मणलोग यजमान दम्पतीसे कहें कि 'आप दोनोंके अभीष्ट मनोरथकी सिद्धि हो।' फिर वे निष्पाप दम्पती यह भावना करते हुए कि 'अब हमारा मनोरथ सफल हो गया' अत्यन्त प्रसन्न हो स्वयं भी भोजन करें।

जो यजमान इस प्रकार धन खर्च करनेमें कंजूसी न करके शुक्लपक्षकी द्वादशी तिथिको भगवान् विष्णुके प्रति भक्तिभावसे युक्त हो इस प्रकार पूजन आदि करता है, वह शीघ्र ही तेजस्वी एवं चिरायु पुत्र प्राप्त कर लेता है। उसका वह पुत्र भी वंश-परम्पराको चलानेवाला, विष्णुभक्त एवं परम बुद्धिमान् होता है।

जो श्रेष्ठ द्विज दरिद्र होनेके कारण ऐसा न कर सके, वह यदि पूर्वोक्त मन्त्रका जप एव तर्पण करे तो उसे भी पुत्र प्राप्त हो सकता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मन्त्रसारोक्तं सन्तानकरयन्त्रम् ।

(शारदातिलकमें बताये अनुसार यह संतान-गोपालके मन्त्रकी अनुष्ठानविधि यहाँ बतायी जा रही है ।)

पहले अष्टदल कमल बनाकर उसकी कर्णिकामें 'क्लीं' इस कामबीजका उल्लेख करे । फिर वहीं यजमान पति-पत्नीके नाम और उसकी कामना भी लिख दे । यथा—'अमुकस्य धर्मपत्न्याः अमुकदेव्याः पुत्रं कुरु कुरु ।' फिर आठ दलोंकेनिम्न भागोंमें दो-दो करके अकारादि सोलह स्वरोंको अङ्कित करे तथा उन्हीं ऊपरी भागोंमें सतान-



गोपाल-मन्त्रके चार-चार अक्षरोंको लिखे । फिर उन दलोंके बाह्य भागमें एक गोल रेखा खींचकर उसे ककारादि वर्णोंसे आवेष्टित करे । तत्पश्चात् उस वृत्तके बाहर चतुष्कोण चक्र बनाये । किसी पात्रमें माखन रखकर उसपर यह यन्त्र अङ्कित करे और सूक्ष्म स्वर्ण आदिके पत्रपर भी इस यन्त्रको लिखे । यन्त्रसे अङ्कित नवनीतको नारी खा जाय और स्वर्णादि पत्रोंपर लिखे हुए यन्त्रको कंठमें धारण करे । इससे वह पुत्रको जन्म देती है ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीहरिवंशनवाह्नपारायणक्रमः ।

प्रथमे यदुवंशस्य कीर्तनावधि कीर्तयेत् । द्वितीयेऽह्नि पठेद्विद्वान्धेनुकस्य वधावधि ॥ १ ॥
जरासंधवधं यावत्तृतीयेऽह्नि विचक्षणः । पारिजातस्य हरणं चतुर्थेऽह्नि प्रकीर्तयेत् ॥ २ ॥
सैन्यभंगः शम्बरस्य पंचमेऽह्नि प्रयत्नतः । जनमेजयस्य वंशस्य भविष्यस्य च वर्णनम् ॥ ३ ॥
षष्ठेऽह्नि तावद्वक्तव्यं पारायणशुभेच्छुना । सप्तमे दैत्यसेनानां विस्तारो यावदेव हि ॥ ४ ॥
घण्टाकर्णसमाधिस्तु अष्टमेऽह्नि प्रयत्नतः । नवमेऽह्नि समाप्तिः स्यात्पारायण उदाहृतः ॥ ५ ॥

पहले दिन यदुवंश-वर्णनकी कथापर्यन्त अर्थात् आदिसे हरिवंशके ३५ अध्याय तथा ७१ पत्र तक, दूसरे दिन धेनुकवधकी कथा अर्थात् विष्णुपर्वके १४ अध्याय तथा १२७ पत्रतक, तीसरे दिन जरासंध-पराजय अर्थात् विष्णुपर्वके ४४ अध्याय तथा २०६ पत्रतक, चौथे दिन पारिजातहरणकी कथा अर्थात् विष्णुपर्वके ७७ अध्याय तथा २८० पत्रतक, पाँचवें दिन शम्बरासुर-सेनाभंगकी कथापर्यन्त अर्थात् विष्णुपर्वके १०७ अध्याय एवं ३४१ पत्रतक, छठें दिन जनमेजयवंशवर्णनकी कथापर्यन्त अर्थात् भविष्य पर्वके २ अध्याय एवं ४०७ पत्रतक, सातवें दिन दैत्यसेनाके विस्तारकी कथापर्यन्त अर्थात् भविष्यपर्वके ५० अध्याय एवं ४७६ पत्रतक, आठवें दिन घण्टाकर्णकी समाधिकी कथापर्यन्त अर्थात् भविष्यपर्वके ८१ अध्याय एवं ५३८ पत्रतक और नवें दिन ग्रन्थसमाप्तिपर्यन्त अर्थात् भविष्यपर्वके १३६ अध्याय एवं ५९९ पत्रतक पारायण करे ॥ १–५ ॥

मतान्तरे--नवाह्नपारायणक्रमः ।

प्रथमे कृष्णजननं द्वितीये धेनुकार्दनम् । तृतीये कुण्डिनपुरे रुक्मिणीहरणं तथा ॥ १ ॥
चतुर्थे षट्पुरवधमार्यास्तोत्रं च पंचमे । मधोश्चरित्रं षष्ठे वै सप्तमे पावकस्तुतिः ॥ २ ॥
अष्टमे पौण्ड्रकवधो नवमेऽह्नि समापयेत् । वाचयेदनया रीत्या हरिवंशं यथाक्रमम् ॥ ३ ॥

इस क्रममें थोड़ा-सा अन्तर है । तदनुसार प्रथम दिन हरिवंशके ३५ अध्याय, दूसरे दिन हरिवंशके शेष अध्याय तथा विष्णुपर्वके १३ अध्याय, तीसरे दिन विष्णुपर्वके १४ से ४३ अध्यायतक, चौथे दिन विष्णुपर्वके ४४ से ८३ अध्यायतक, पाँचवें दिन विष्णुपर्वके ८४ से १२२ अध्यायतक, छठें दिन विष्णुपर्वके समस्त अध्याय तथा भविष्यपर्वके १३ वें अध्यायतक, सातवें दिन भविष्यपर्वके १४वें अध्यायसे ६२वें अध्यायतक, आठवें दिन भविष्यपर्वके ६३वें अध्यायसे १०१ अध्यायतक और नवें दिन भविष्यपर्वके अन्तिम अध्यायतक पारायण करे ॥१–३॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति 'नारायणी' भाषाटीकासहितं—

सविधि श्रीहरिवंशमाहात्म्यं समाप्तम् ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ 'नारायणी' भाषाटीकासहिते--

श्रीहरिवंशे पुराणे प्रथमं हरिवंशपर्व ॥ १ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ (आदिसृष्टिका वर्णन) ॥ नर अर्थात् अनादिज्ञानसम्पन्न जीव द्वारा अपने कर्मोंसे प्राप्त नार अर्थात् शरीर ही जिनका अयन (निवासस्थान) है, उन नारायण एवं नारायणके भी तत्त्वज्ञानको प्रकाशित करनेवाली माता सरस्वतीको प्रणाम करके ही जय (अज्ञानान्धकारको दूर करनेवाले महाभारत महाग्रन्थ) का स्वाध्याय करना चाहिए ॥ १ ॥ भगवान वेदव्यासके ओष्ठपुटसे निःसृत, अद्भुत, पवित्र, पापापहारी एवं सुखप्रद महाभारत ग्रन्थका जो मनुष्य श्रवण करता हो, उसे पुष्कर आदि तीर्थोंके जलमें स्नान करनेकी क्या आवश्यकता ? तात्पर्य यह कि महाभारत पुष्करादि तीर्थोंसे भी पावन तीर्थ है ॥२॥ पराशरपुत्र एवं सत्यवतीके हृदयको आनन्दित करनेवाले उन भगवान व्यासकी जय हो, जिनके पुनीत मुखकमलसे निःसृत कथासुधाको समस्त संसार पीता है ॥ ३ ॥ जो मनुष्य सोनेसे मढ़ी सींगोंवाली सौ गौवें किसी वेदज्ञ तथा बहुश्रुत ब्राह्मणको दान देता है और दूसरा जो मनुष्य परम पावन महाभारतकी कथा सुनता है, उन दोनोंको समान पुण्य प्राप्त होता है ॥ ४ ॥ जो सौ अश्वमेध करके यज्ञमें आये चार हजार अतिथियोंको भोजन कराता है और

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ॥ देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥ १ ॥ द्वैपायनोष्ठपुटनिःसृतमप्रमेयं पुण्यं पवित्रमथ पापहरं शिवं च ॥ यो भारतं समधिगच्छति वाच्यमानं किं तस्य पुष्करजलैरभिषेचनेन ॥ २ ॥ जयति पराशरसूनुः सत्यवती-हृदयनन्दनो व्यासः ॥ यस्यास्यकमलगलितं वाङ्मयममृतं जगत्पिबति ॥ ३ ॥ यो गोशतं कनकशृंगमयं ददाति विप्राय वेदविदुषे बहुविश्रुताय ॥ पुण्यां च भारतकथां शृणुयाच्च तद्वत्तुल्यं फलं भवति तस्य च तस्य चैव ॥ ४ ॥ शताश्वमेधस्य यदत्र पुण्यं चतुःसहस्रस्य शतक्रतोश्च ॥ भवेदनंतं हरिवंशदानात्प्रकीर्तितं व्यासमहर्षिणा च ॥ ५ ॥ यद्वाजपेयेन तु राजसूयाद् दृष्टं फलं हस्तिरथेन चान्यत् ॥ तल्लभ्यते व्यासवचः प्रमाणं गीतं च वाल्मीकिमहर्षिणा च ॥ ६ ॥ यो हरिवंशं लेखयति यथाविधिना महातपाः सपदि ॥ स जयति हरिपदकमलं मधुपो हि यथा रसेन संलुब्धः ॥ ७ ॥ पितामहाद्यं प्रवदन्ति षष्ठं महर्षिमक्षय्यविभूतियुक्तम् ॥ नारायणस्यांशजमेकपुत्रं द्वैपायनं वेदमहानिधानम् ॥ ८ ॥ आद्यं पुरुषमीशानं पुरुहूतं पुरुष्टुतम् ॥ ऋतमेकाक्षरं ब्रह्म व्यक्ताव्यक्तं सनातनम् ॥ ९ ॥ असच्च सदसच्चैव यद्विश्वं सदसत्परम् ॥ परावराणां स्रष्टारं पुराणं परमव्ययम्

जो इन्द्रपद प्राप्त करनेवाला शतक्रतु करता है, उनसे भी अनन्तगुणा अधिक फल उसे प्राप्त होता है कि जो महर्षि व्यासके प्रणीत हरिवंशपुराणका दान देता है ॥ ५ ॥ वाजपेय तथा राजसूय यज्ञ करने और हाथी जुते रथका दान देनेसे जो फल मिलता है, वही फल वेदव्यास तथा महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित कथाको कहने-सुननेसे प्राप्त हो जाता है ॥ ६ ॥ जो विधिवत् हरिवंश लिखवाता है, वह परम तपस्वी पुरुष रसलोभी भौंरेके समान श्रीहरिके चरणकमलोंको शीघ्र प्राप्त कर लेता है ॥ ७ ॥ जिन महर्षिको लोग पितामह (ब्रह्मा) से भी बड़ा मानते थे, जो अपरिमित योगैश्वर्यसे युक्त थे, जो साक्षात् नारायणके अंशसे जायमान हुए थे, जिनके केवल एक पुत्र (शुकदेव) थे, उन द्वैपायन (सूर्य अथवा शंकर) तथा वेदोंके महानिधान व्यासजीको नमस्कार है ॥ ८ ॥ जो शुद्ध चैतन्यस्वरूप आदि पुरुष थे; जो ईशान (बीजस्थानीय), पुरुहूत (बहुतेरे यजमान यज्ञमें जिसे आहुति देते हैं), पुरुष्टुत (बहुतों द्वारा स्तूयमान), ऋत (अबाधित सत्य), एक (मायाके सम्पर्कसे रहित), अक्षर (अविनाशी), ब्रह्म (त्रिविधपरिच्छेदशून्य), व्यक्ताव्यक्त (सूत्रेशानस्वरूप), सनातन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(सर्वदा एक स्वरूप अर्थात् कूटस्थ) हैं ॥९॥ जो असत् हैं और सत् भी हैं। जो सत्-असत् दोनोंसे परे (सूत्र तथा ईशानसे भिन्न) हैं। जो विश्वरूप (विराट्) हैं। जो पर (सूत्रात्मा) और अवर (विराट्) इन दोनोंके स्रष्टा और परम अविनाशी हैं ॥ १० ॥ जो आनन्ददाता, आनन्दस्वरूप, सर्वव्यापी, वरेण्य (मुमुक्षुजनोंसे सेव्य) और सर्वथा निर्दोष हैं। जो स्वभावतः शुद्ध, इन्द्रियोंके प्रवर्तक, अखिल चराचर विश्वके उपदेष्टा और सर्वपापहारी हैं। उन भगवानको प्रणाम करके मैं अपना प्रतिपाद्य विषय कह रहा हूँ ॥ ११ ॥ नैमिषारण्य क्षेत्रमें कुलपति (दस हजार मुनियोंका भरण-पोषण करनेवाले), महामुनि (ध्याननिष्ठ) और सब शास्त्रोंके उद्भट विद्वान् धर्मात्मा शौनकने सूतसे पूछा ॥१२॥ शौनक बोले—हे सूतजी ! आपने बहुत उत्तम कथानक सुनाया। उसमें बहुतेरे भरतवंशी राजाओं, देवताओं, दानवों, गंधर्वों, सर्पों, राक्षसों, दैत्यों, सिद्धों एवं यक्षोंके अति अद्भुत कर्म तथा धर्मप्रतिपादक सामर्थ्य वर्णित था और बड़े-बड़ोंके उत्तम जीवनचरित कहे गये थे ॥ १३–१५ ॥ आपने अपनी मीठी भाषामें अनेक पुराण भी सुनाये। आपकी अमृतभरी वाणी हृदय तथा श्रवणेन्द्रिय दोनोंको आनन्दित

॥ १० ॥ मङ्गल्यं मङ्गलं विष्णुं वरेण्यमनघं शुचिम् ॥ नमस्कृत्य हृषीकेशं चराचरगुरुं हरिम् ॥ ११ ॥ नैमिषे च कुलपतिः शौनकस्तु महामुनिः ॥ सौतिं पप्रच्छ धर्मात्मा सर्वशास्त्रविशारदः ॥ १२ ॥ शौनक उवाच ॥ सौते सुमहदाख्यानं भवता परिकीर्तितम् ॥ भरतानां च सर्वेषां पार्थिवानां तथैव च ॥ १३ ॥ देवानां दानवानां च गन्धर्वोरगरक्षसाम् ॥ दैत्यानामथ सिद्धानां गुह्यकानां तथैव च ॥ १४ ॥ अत्यद्भुतानि कर्माणि विक्रमा धर्मनिश्चयाः ॥ विचित्राश्च कथायोगा जन्म चाग्र्यमनुत्तमम् ॥ १५ ॥ कथितं भवता पुण्यं पुराणं श्लक्ष्णया गिरा ॥ मनःकर्णसुखं सौते प्रीणात्यमृतसम्मितम् ॥ १६ ॥ तत्र जन्म कुरूणां वै त्वयोक्तं लौमहर्षणे ॥ न तु वृष्ण्यन्धकानां च तद्भवान्वक्तुमर्हति ॥ १७ ॥ सौतिरुवाच ॥ जनमेजयेन यत्पृष्टः शिष्यो व्यासस्य धर्मवित् ॥ तत्तेऽहं सम्प्रवक्ष्यामि वृष्णीनां वंशमादितः ॥ १८ ॥ श्रुत्वेतिहासं कार्त्स्न्येन भरतानां स भारतः ॥ जनमेजयो महाप्राज्ञो वैशम्पायनमब्रवीत् ॥ १९ ॥ जनमेजय उवाच ॥ महाभारतमाख्यानं बह्वर्थं श्रुतिविस्तरम् ॥ कथितं भवता पूर्वं विस्तरेण मया श्रुतम् ॥ २० ॥ तत्र शूराः समाख्याता बहवः पुरुषर्षभाः ॥ नामभिः कर्मभिश्चैव वृष्ण्यन्धकमहारथाः ॥ २१ ॥ तेषां कर्मावदातानि त्वयोक्तानि द्विजोत्तम ॥ तत्र तत्र समासेन विस्तरेणैव मे प्रभो ॥ २२ ॥ न च मे तृप्तिरस्तीह कथ्यमाने पुरातने ॥ एकश्चैव मतो राशिर्वृष्णयः पाण्डवास्तथा

करती है ॥ १६ ॥ हे सूत ! उन पुराणोंमें आपने कुरुवंशियोंके जन्मकी बातें तो कहीं, किन्तु वृष्णि और अन्धकवंशी पुरुषोंके विषयमें कुछ नहीं कहा। सो कृपा करके अब कहिए ॥ १७ ॥ सूतजी बोले—हे शौनक ! श्रीव्यासदेवके शिष्य धर्मात्मा जनमेजयने वृष्णिवंशके विषयमें जो प्रश्न किये थे, तदनुसार मैं आदिसे वृष्णिवंशका वृत्तान्त कह रहा हूँ ॥१८॥ परम बुद्धिमान् और भरतवंशी राजा जनमेजयने भरतवंशक इतिहास भली भाँति सुनकर वैशम्पायनसे कहा ॥ १९ ॥ जनमेजय बोले—भगवन् ! मैंने आपके द्वारा वर्णित अर्थगाम्भीर्यपूर्ण, श्रुतिसम्मत एवं विस्तृत महाभारतकी कथा सुनी ॥ २० ॥ उस प्रसंगमें प्रद्युम्न आदि बहुतेरे नाम और कर्मसे महान् वृष्णि तथा अन्धकवंशी महारथियोंके उज्ज्वल चरित्र संक्षिप्त और विस्तृत दोनों रीतिसे आपने सुनाये ॥ २१ ॥ २२ ॥ किन्तु उन पुरातन पुरुषोंके चरित्र सुनकर भी मुझे तृप्ति नहीं हुई। आपके कथनसे कुछ ऐसा जान पड़ा कि जैसे वृष्णिवंशी एक ही कुलके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे ॥ २३ ॥ हे तपोधन ! आप वंशोंकी कथा कहनेमें निपुण तथा उनके प्रत्यक्षदर्शी हैं । अतएव अब मुझे वृष्णिवंशका वृत्तान्त विस्तारके साथ सुनाइए ॥ २४ ॥ हे महामुने ! आप भली भाँति सोचकर प्रजापतिसे लेकर वृष्णियों तकके पूर्वजन्मकी गाथाओंके साथ इस जन्ममें जो-जो लोग जिस वंशमें उत्पन्न हुए हों, सो सब कहें ॥ २५ ॥ सूतजी कहते हैं—महात्मा और महातपस्वी वैशम्पायनने जनमेजयके प्रश्नकी सराहना की और विस्तारके साथ वृष्णिवंशियोंकी चरितावली कहने लगे ॥ २६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! अब मैं आपको दिव्य, पुनीत, पापनाशिनी, विचित्र, बहुत अर्थभरी और श्रुतिसम्मत कथा सुनाता हूँ ॥ २७ ॥ हे तात ! जो प्राणी इस कथाको बराबर सुनता और हृदयंगम करता है, वह अपने वंशको अचल करके स्वर्गलोकमें पूजित होता है ॥ २८ ॥ जो अव्यक्त कारण (द्रष्टा और दृश्यका बीज), नित्य (आद्यन्तशून्य), सदसदात्मक (सत्य-अनृतमय) प्रधान पुरुष (ब्रह्म) है, उसीसे यह

॥ २३ ॥ भवांश्च वंशकुशलस्तेषां प्रत्यक्षदर्शिवान् ॥ कथयस्व कुलं तेषां विस्तरेण तपोधन ॥ २४ ॥ यस्य यस्यान्वये ये ये तांस्तानिच्छामि वेदितुम् ॥ स त्वं सर्वमशेषेण कथयस्व महामुने ॥ तेषां पूर्वविसृष्टिं च विचिन्त्येमां प्रजापतेः ॥२५॥ सौतिरुवाच ॥ सत्कृत्य परिपृष्टस्तु स महात्मा महातपाः ॥ विस्तरेणानुपूर्व्या च कथयामास तां कथाम् ॥ २६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु राजन् कथां दिव्यां पुण्यां पापप्रमोचनीम् ॥ कथ्यमानां मया चित्रां बह्वर्थां श्रुतिसम्मिताम् ॥ २७ ॥ यश्चेमां धारयेत्तात शृणुयाद्वाप्यभीक्ष्णशः ॥ स्ववंशधारणं कृत्वा स्वर्गलोके महीयते ॥२८॥ अव्यक्तं कारणं यत्तन्नित्यं सदसदात्मकम् ॥ प्रधानं पुरुषं तस्मान्निर्ममे विश्वमीश्वरम् ॥ २९ ॥ तं वै विद्धि महाराज ब्रह्माणममितौजसम् ॥ स्रष्टारं सर्वभूतानां नारायणपरायणम् ॥ ३० ॥ अहङ्कारस्तु महतस्तस्माद्भूतानि जज्ञिरे ॥ भूतभेदाश्च भूतेभ्य इति सर्गः सनातनः ॥ ३१ ॥ विस्तरावयवं चैव यथाप्रज्ञं यथाश्रुतम् ॥ कीर्त्यमानं शृणु मया पूर्वेषां कीर्तिवर्द्धनम् ॥ ३२ ॥ धन्यं यशस्यं शत्रुघ्नं स्वर्ग्यमायुःप्रवर्द्धनम् ॥ कीर्तनं स्थिरकीर्तीनां सर्वेषां पुण्यकर्मणाम् ॥ ३३ ॥ तस्मात्कल्पाय ते कल्पः समग्रं शुचये शुचिः ॥ आवृष्णिवंशाद्वक्ष्यामि भूतसर्गमनुत्तमम् ॥ ३४ ॥ ततः स्वयंभूर्भगवान् सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः ॥ अप एव ससर्जादौ तासु वीर्यमवासृजत् ॥ ३५ ॥ आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ॥ अयनं

ईश्वरमय विश्व (स्थूल-सूक्ष्म जगत्) उत्पन्न हुआ ॥ २९ ॥ हे महाराज ! उन्हीं अव्यक्त पुरुषको अमित तेजस्वी, सब प्राणियोंके रचयिता और नारायणपरायण ब्रह्मा समझो ॥ ३० ॥ उसी महान्से अहंकार, अहंकारसे आकाशादि सब सूक्ष्म प्राणी, उन सूक्ष्म प्राणियोंसे पाँच स्थूल तत्त्व और जरायुजादि चार प्रकारके प्राणी जनमे । यही सनातन सृष्टि कही जाती है ॥३१॥ अब मैं विस्तारके साथ अपनी मतिके अनुसार उस सृष्टिकी वह बात बताऊँगा, जिसे जाननेसे कीर्ति बढ़ती है ॥ ३२ ॥ इसका कीर्तन करने तथा सुननेसे धन और यश बढ़ता है, शत्रु नष्ट हो जाते हैं, अन्तमें स्वर्ग मिलता है और आयु बढ़ती है ॥ ३३ ॥ अतएव सुनने और समझनेमें समर्थ आपको मैं वृष्णिवंशसे लेकर चतुर्विध प्राणिसृष्टिका वृत्तान्त बताऊँगा ॥ ३४ ॥ सूक्ष्म भूतोंकी सृष्टि करनेके बाद विविध प्रकारकी भौतिकी प्रजा उत्पन्न करनेके विचारसे भगवानने सर्वप्रथम जलकी सृष्टि की । तदनन्तर उस जलमें अपना वीर्य निहित कर दिया ॥ ३५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जलको 'नार' भी कहते हैं और जल ही नरका उत्पत्तिस्थान और भगवानकी निवासभूमि है। इसीलिए भगवानको 'नारायण' कहा जाता है ॥३६॥ भगवानके द्वारा जलमें निहित वीर्य हिरण्यवर्णके अण्डके रूपमें परिणत हो गया। उस अण्डमें ब्रह्माजी आये, जो स्वयम्भु भी कहे जाते हैं ॥ ३७ ॥ उसमें सालभर रहकर ब्रह्माजीने उस अण्डके दो टुकड़े कर दिये। जिनमें एक टुकड़ेसे पृथिवी और दूसरेसे देवलोकका निर्माण किया ॥ ३८ ॥ उन दोनों टुकड़ोंके अन्तराल भागसे आकाशकी सृष्टि करके पृथिवीको जलपर स्थापित किया और सूर्य तथा दसों दिशाओंको रचा ॥ ३९ ॥ उसी अण्डमें उन्होंने अण्डके सदृश ही रतिविषयक प्रीतिके साथ पिण्डसृष्टिकी रचनाके अभिप्रायसे काल, मन, वचन, काम, क्रोध, मन तथा अनुरागका सृजन किया ॥४०॥ तदनन्तर उन महातेजस्वी ब्रह्माने अपने मनसे मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु तथा वसिष्ठ इन सप्तर्षियोंकी सृष्टि की ॥४१॥ इन सातों मरीचि आदि ऋषियोंने अपनेको गृहस्थ ब्राह्मण माना और ब्रह्मासे ही उत्पन्न तथा नारायणपरायण सनकादि ऋषियोंके मतका अनादर करते हुए इन्होंने वेद अर्थात् कर्ममार्गको ही श्रेष्ठ समझा ॥४२॥ तत्पश्चात्

तस्य ताः पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः ॥ ३६ ॥ हिरण्यवर्णमभवत्तदण्डमुदकेशयम् ॥ तत्र जज्ञे स्वयं ब्रह्मा स्वयम्भूरिति नः श्रुतम् ॥ ३७ ॥
हिरण्यगर्भो भगवानुषित्वा परिवत्सरम् ॥ तदण्डमकरोद्द्वैधं दिवं भुवमथापि च ॥३८॥ तयोः शकलयोर्मध्ये आकाशमसृजत्प्रभुः ॥ अप्सु पारिप्लवां
पृथ्वीं दिशश्च दशधा दधे ॥ ३९ ॥ तत्र कालं मनो वाचं कामं क्रोधं मनोरतिम् ॥ ससर्ज सृष्टिं तद्रूपां स्रष्टुमिच्छन्प्रजापतीन् ॥ ४० ॥ मरीचि-
मत्र्यङ्गिरसं पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ॥ वसिष्ठं च महातेजाः सोऽसृजत्सप्त मानसान् ॥४१॥ सप्त ब्रह्माण इत्येते पुराणे निश्चयङ्गताः ॥ नारायणात्मकानां
वै सप्तानां ब्रह्मजन्मनाम् ॥ ४२ ॥ ततोऽसृजत्पुनर्ब्रह्मा रुद्रं रोषात्मसम्भवम् ॥ सनत्कुमारं च विभुं पूर्वेषामपि पूर्वजम् ॥ ४३ ॥ सप्तैते जनयन्ति स्म
प्रजा रुद्रश्च भारत ॥ स्कन्दः सनत्कुमारश्च तेजः संक्षिप्य तिष्ठतः ॥ ४४ ॥ तेषां सप्त महावंशा दिव्या देवगणान्विताः ॥ क्रियावन्तः प्रजावन्तो
महर्षिभिरलंकृताः ॥ ४५ ॥ विद्युतोऽशनिमेघांश्च रोहितेन्द्रधनूंषि च ॥ वयांसि च ससर्जादौ पर्जन्यं च ससर्ज ह ॥ ४६ ॥ ऋचो यजूंषि सामानि
निर्ममे यज्ञसिद्धये ॥ साध्यास्तैरयजन् देवानित्येवमनुशुश्रुम ॥ मुखाद्देवानजनयत्पितॄं श्चोरसोऽपि वक्षसः ॥ ४७ ॥ प्रजनाच्च मनुष्यान्वै जघनान्निर्ममेऽ-
सुरान् ॥ साध्यानजनयद्देवानित्येवमनुशुश्रुम ॥४८॥ उच्चावचानि भूतानि गात्रेभ्यस्तस्य जज्ञिरे ॥ आपवस्य प्रजासर्गं सृजतो हि प्रजापतेः ॥४९॥

ब्रह्माजीने परम क्रोधी रुद्रको उत्पन्न करके मरीचि आदिके भी पूर्वज सनत्कुमारको उत्पन्न किया ॥ ४३ ॥ उपर्युक्त मरीचि आदि सप्तर्षि तथा रुद्र तो सन्तति उत्पादनके काममें लग गये, किन्तु सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार, नारद और स्कन्द (कार्तिकेय) अपना तेज (वीर्य) रोककर ब्रह्मचारी ही रह गये ॥४४॥ उपर्युक्त आठों (सप्तर्षियों तथा रुद्र) ब्रह्मपुत्रोंने सात दिव्य, महान्, कर्मठ तथा सन्ततिसम्पन्न वंशोंको जन्म दिया। जिनमें यक्ष, आदित्यादि देवता और कश्यपादि महर्षि भी थे ॥ ४५ ॥ इसके बाद उन्होंने बिजली, वज्र, मेघ, रोहित (सीधा) इन्द्रधनुष और आकाशचारी पक्षियों एवं पर्जन्यकी सृष्टि की ॥ ४६ ॥ यज्ञकार्य सम्पन्न करनेके लिए उन्होंने ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेदकी रचना की। ऐसा सुना जाता है कि साध्योंने इन्ही वेदोंके मंत्रोंसे देवताओंके प्रीत्यर्थ यज्ञ किया था। इसके बाद ब्रह्माने अपने मुखसे देवताओं, वक्षस्थलसे पितरों, लिङ्गसे मनुष्यों और जघन (पश्चात्) भागसे असुरोंकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

को उत्पन्न किया ॥४७॥४८॥ इनके अतिरिक्त और भी ऊँच-नीच प्राणी उन ब्रह्माजीके अन्यान्य अङ्गोंसे उस समय उत्पन्न हुए जब कि
सृष्टि करके उन्होंने साध्यों (प्राचीन देवताओं) को उत्पन्न किया ॥४७॥४८॥ इस प्रकार विविध मानसी सन्ततियोंको उत्पन्न करके भी जब ब्रह्माने प्रजावृद्धि होती नहीं देखी, तब उन्होंने अपने शरीरके दो
वे वसिष्ठ नामक प्रजापतिकी सृष्टि कर रहे थे ॥ ४९ ॥ इस प्रकार विविध मानसी सन्ततियोंको उत्पन्न करके भी जब ब्रह्माने प्रजावृद्धि होती नहीं देखी, तब उन्होंने अपने शरीरके दो
खण्ड करके एकसे पुरुष और दूसरे खण्डसे स्त्री बनकर विविध प्रजाओंका सृजन किया और अपने प्रतापसे पृथिवी और स्वर्गलोकको घेरकर बैठ गये ॥ ५० ॥ ५१ ॥ इस प्रकार
विष्णुने विराट्को रचा और विराट्ने पुरुषकी सृष्टि की। पुरुष मनु थे। उन्होंने ही मन्वन्तरका क्रम प्रचलित किया ॥ ५२ ॥ साक्षात् नारायण द्वारा हिरण्यगर्भसे जायमान सृष्टि आपव
कहलायी। आपवसे उत्पन्न सन्तति अयोनिज थी। आगे चलकर उन नारायणने ही मनुके द्वारा योनिज प्रजा उत्पन्न करायी। अतएव आपव और मनुकी सृष्टिमें स्त्रीनामका द्वितीय
अन्तर उपस्थित हो गया। इसी कारण मन्वन्तर शब्दका उपयोग होने लगा ॥ ५३ ॥ जो प्राणी इन आदिसृष्टिविषयक बातोंको जान लेता है, वह आयुष्मान्, कीर्तिमान्, धनी,

सृज्यमानाः प्रजा नैव विवर्द्धन्ते यदा तदा ॥ द्विधा कृत्वाऽऽत्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत् ॥५०॥ अर्धेन नारी तस्यां स ससृजे विविधाः प्रजाः ॥
दिवं च पृथिवीं चैव महिम्ना व्याप्य तिष्ठतः ॥५१॥ विराजमसृजद्विष्णुः सोऽसृजत्पुरुषं विराट् ॥ पुरुषं तं मनुं विद्धि तद्वै मन्वन्तरं स्मृतम् ॥५२॥
द्वितीयमापवस्यैतन्मनोरन्तरमुच्यते ॥ स वैराजः प्रजासर्गं ससर्ज पुरुषः प्रभुः ॥ नारायणविसर्गः स प्रजास्तस्याप्ययोनिजाः ॥ ५३ ॥ आयुष्मा-
न्कीर्तिमान्धन्यः प्रजावाञ्छ्रुतवांस्तथा ॥ आदिसर्गं विदित्वेमं यथेष्टां प्राप्नुयाद्गतिम् ॥ ५४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि
आदिसर्गकथनं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स सृष्टासु प्रजास्वेवमापवो वै प्रजापतिः ॥ लेभे वै पुरुषः पत्नीं शतरूपामयोनिजाम् ॥१॥ आपवस्य महिम्ना तु दिवमावृत्य
तिष्ठतः ॥ धर्मेणैव महाराज शतरूपा व्यजायत ॥ २ ॥ सा तु वर्षायुतं तप्त्वा तपः परमदुश्चरम् ॥ भर्तारं दीप्ततपसं पुरुषं प्रत्यपद्यत ॥ ३ ॥ स वै
स्वायम्भुवस्तात पुरुषो मनुरुच्यते ॥ तस्यैकसप्ततियुगं मन्वन्तरमिहोच्यते ॥ ४ ॥ वैराजात्पुरुषाद्वीरं शतरूपा व्यजायत ॥ प्रियव्रतोत्तानपादौ
वीरात्काम्या व्यजायत ॥५॥ काम्या नाम महाबाहो कर्दमस्य प्रजापतेः ॥ काम्यापुत्रास्तु चत्वारः सम्राट् कुक्षिर्विराट् प्रभुः ॥ प्रियव्रतं समासाद्य पतिं

पुत्रवान् तथा वेदज्ञ होकर मनचाही गति प्राप्त कर लेता है ॥ ५४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे पं रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां आदिसर्गकथनं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥१॥

(दक्षप्रजापतिका जन्मवृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—इस प्रकार अयोनिज एवं योनिज उभय प्रकारकी सृष्टि करनेके बाद आपव प्रजापति पुरुष हुए। उन्होंने अयोनिजा शतरूपा
नामकी पत्नी पायी ॥ १ ॥ सर्वव्यापी आपवकी महिमा तथा उनके धर्मसे उनकी पत्नी शतरूपा अनेक रूपोंमें परिणत हो गयी ॥ २ ॥ दस हजार वर्षों तक कठोर तपस्या करनेके
बाद सन्तानप्राप्तिकी इच्छासे वह अपने तेजस्वी पतिके पास गयी ॥ ३ ॥ हे तात जनमेजय ! वे स्वायम्भुव विराट् पुरुष मनु कहे जाते हैं। उनके कार्यकालकी जब एकहत्तर चतुर्युगी
बीत जाती है, तब एक मन्वन्तर होता है ॥ ४ ॥ उस विराट् पुरुष (मनु) के संसर्गसे शतरूपाने वीर नामके पुत्रको जन्म दिया। उस वीरसे प्रियव्रत तथा उत्तानपाद ये दो पुत्र एवं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

काम्या नामकी पुत्री उत्पन्न हुई ॥ ५ ॥ हे महाबाहो ! प्रियव्रतके संसर्गसे काम्याने सम्राट्, कुक्षि, विराट् और प्रभु इन चार पुत्रोंको उत्पन्न किया ॥ ६ ॥ अत्रि प्रजापतिने उत्तानपादको अपना उत्तराधिकारी बनाया और उत्तानपादने अपनी भार्या सूनृतासे चार पुत्र उत्पन्न किये ॥ ७ ॥ ध्रुवकी माता सुश्रोणी सूनृता धर्मकी कन्या थी। अश्वमेध यज्ञके द्वारा उसका जन्म हुआ था ॥ ८ ॥ उसके चारों पुत्रोंके नाम थे—ध्रुव, कीर्तिमान्, शिव और अयस्पति ॥९॥ हे भारत (जनमेजय) ! ध्रुवने महान् यश प्राप्त करनेके लिए देवताओंके तीन हजार वर्ष तक तप किया था ॥१०॥ उनपर प्रसन्न होकर अखिल जगत्के अधिपति भगवान् ब्रह्माने सप्तर्षिलोकसे भी आगे अचल तथा उत्तम लोक प्रदान किया, जिसकी तुलना किसी लोकसे नहीं की जा सकती ॥ ११ ॥ ध्रुवकी महती समृद्धि और महिमा देखकर देवताओं तथा दैत्योंके गुरु शुक्राचार्यने ये यह श्लोक कहा था—॥१२॥ अहो ! इस ध्रुवकी तपस्या, इसका पराक्रम,

सा सुषुवे सुतान् ॥ ६ ॥ उत्तानपादं जग्राह पुत्रमत्रिः प्रजापतिः ॥ उत्तानपादाच्चतुरः सूनृताऽजनयत्सुतान् ॥ ७ ॥ धर्मस्य कन्या सुश्रोणी सूनृता नाम विश्रुता ॥ उत्पन्ना वाजिमेधेन ध्रुवस्य जननी शुभा ॥ ८ ॥ ध्रुवं च कीर्तिमन्तं च शिवं शान्तमयस्पतिम् ॥ उत्तानपादोऽजनयत्सूनृतायां प्रजापतिः ॥ ९ ॥ ध्रुवो वर्षसहस्राणि त्रीणि दिव्यानि भारत ॥ तपस्तेपे महाराज प्रार्थयन्सुमहद्यशः ॥ १० ॥ तस्मै ब्रह्मा ददौ प्रीतः स्थानमप्रतिमं भुवि ॥ अचलं चैव पुरतः सप्तर्षीणां प्रजापतिः ॥ ११ ॥ तस्यातिमात्रामृद्धिं च महिमानं निरीक्ष्य च ॥ देवासुराणामाचार्यः श्लोकं प्रागुशना जगौ ॥१२॥ अहोऽस्य तपसो वीर्यमहो श्रुतमहो बलम् ॥ यदेनं पुरतः कृत्वा ध्रुवं सप्तर्षयः स्थिताः ॥१३॥ तस्माच्छ्लिष्टिं च भव्यं च ध्रुवाच्छम्भुर्व्यजायत ॥ श्लिष्टेराधत्त सुच्छाया पञ्च पुत्रानकल्मषान् ॥१४॥ रिपुं रिपुंजयं पुण्यं वृकलं वृकतेजसम् ॥ रिपोराधत्त बृहती चाक्षुषं सर्वतेजसम् ॥ १५ ॥ अजीजनत्पुष्करिण्यां वीरण्यां चाक्षुषो मनुम् ॥ प्रजापतेरात्मजायामरण्यस्य महात्मनः ॥१६॥ मनोरजायन्त दश नड्वलायां महौजसः ॥ कन्यायामभवञ्छ्रेष्ठा वैराजस्य प्रजापतेः ॥ १७ ॥ ऊरुः पूरुः शतद्युम्नस्तपस्वी सत्यवान्कविः ॥ अग्निष्टुदतिरात्रश्च सुद्युम्नश्चेति ते नव ॥ १८ ॥ अभिमन्युश्च दशमो नड्वलायाः सुताः स्मृताः ॥ ऊरोरजनयत्पुत्रान्षडाग्नेयी महाप्रभान् ॥ अङ्गं सुमनसं ख्यातिं क्रतुमङ्गिरसं गयम् ॥१९॥ अङ्गात्सुनीथापत्यं वै वेनमेकमजायत ॥ अपचारात्तु वेनस्य प्रकोपः सुमहानभूत् ॥ २० ॥ प्रजार्थमृषयो यस्य ममन्थुर्दक्षिणं करम् ॥ वेनस्य पाणौ मथिते

इसका ज्ञान और इसका बल कितना उन्नत है कि सप्तर्षि भी इसे अपने आगे स्थान देकर विराजमान हैं ॥ १३ ॥ ध्रुवके श्लिष्टि, भव्य तथा शम्भु नामके तीन पुत्र जायमान हुए। श्लिष्टिने सुच्छाया नामकी पत्नीसे पाँच पुण्यात्मा पुत्र उत्पन्न किये ॥ १४ ॥ उनके नाम थे—रिपु, रिपुञ्जय, पुण्य, वृकल और वृकतेजस्। इन पाँचोंमें सर्वश्रेष्ठ पुत्र रिपुकी पत्नी बृहतीने सब देवताओंके तेजसे युक्त चाक्षुष नामका पुत्र उत्पन्न किया ॥ १५ ॥ चाक्षुषने वीरणसुता पुष्करिणीके गर्भसे मनुको उत्पन्न किया ॥ १६ ॥ मनुने अरण्य प्रजापतिकी कन्या नड्वलाके गर्भसे ऊरु, पूरु, शतद्युम्न, तपस्वी, सत्यवान्, कवि, अग्निष्टुत्, अतिरात्र, सुद्युम्न और अभिमन्यु इन दस पुत्रोंको उत्पन्न किया। ऊरुने अग्नितनयाके गर्भसे अङ्ग, सुमनस्, ख्याति, क्रतु, अङ्गिरा और गय नामके छ महातेजस्वी पुत्र उत्पन्न किये ॥ १७–१९ ॥ यमकन्या सुनीथाके गर्भसे अङ्गने केवल एक पुत्र उत्पन्न किया, जिसका नाम था वेन। वेनके देवद्रोहसे कुपित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऋषियोंने उसकी दाहिनी भुजाका मन्थन किया, जिससे पृथु नामका पुत्र उत्पन्न हुआ ॥ २० ॥ २१ ॥ उसे देखकर वे ऋषि बहुत प्रसन्न हुए और बोले—यह पृथु प्रजाजनको प्रसन्न करेगा और विपुल कीर्ति पायेगा ॥ २२ ॥ तदनुसार धनुष, कवच तथा खड्ग धारण करके उस महातेजस्वी आदिक्षत्रिय और वेनतनय पृथुने चिरकाल तक पृथिवीकी रक्षा की ॥ २३ ॥ महाराज पृथु राजसूय यज्ञ करनेवाले सबसे पहले राजा थे। उनके यज्ञमें अग्निके द्वारा सूत और मागध उत्पन्न हुए ॥ २४ ॥ उन्होंने जनसाधारणको जीवन प्रदान करनेके लिए देवताओं, ऋषियों, पितरों, गन्धर्वों, अप्सराओं, सर्पों, यक्षों, लताओं एवं पर्वतोंके साथ मिलकर और पुराणान्तरोंमें प्रसिद्ध विभिन्न देवतादिकोंने अपने-अपने सजातीयोंको बछड़ा बनाकर भिन्न-भिन्न पात्रोंमें गोरूपधारिणी पृथिवीको दुहा। पृथिवीने भः उन सबको अन्नादिरूपी दुग्ध प्रदान किया और वही उनकी जीविका बन गया ॥२५–२७॥ महाराज पृथुके दो धर्मात्मा

बभूव मुनिभिः पृथुः ॥ २१ ॥ तं दृष्ट्वा ऋषयः प्राहुरेष वै मुदिताः प्रजाः ॥ करिष्यति महातेजा यशश्च प्राप्स्यते महत् ॥२२॥ स धन्वी कवची खड्गी तेजसा निर्दहन्निव ॥ पृथुर्वैन्यस्तदा चेमां ररक्ष क्षत्रपूर्वजः ॥ २३ ॥ राजसूयाभिषिक्तानामाद्यः स वसुधाधिपः ॥ तस्माच्चैव समुत्पन्नौ निपुणौ सूतमागधौ ॥ २४ ॥ तेनेयं गौर्महाराज दुग्धा सस्यानि भारत ॥ प्रजानां वृत्तिकामेन देवैः सर्षिगणैः सह ॥ २५ ॥ पितृभिर्दानवैश्चैव गन्धर्वैः साप्सरोगणैः ॥ सर्पैः पुण्यजनैश्चैव वीरुद्भिः पर्वतैस्तथा ॥२६॥ तेषु तेषु च पात्रेषु दुह्यमाना वसुन्धरा॥ प्रादाद्यथेप्सितं क्षीरं तेन प्राणानधारयन् ॥ २७ ॥ पृथुपुत्रौ तु धर्मज्ञौ जज्ञातेऽन्तर्द्धिपालितौ ॥ शिखण्डिनी हविर्धानमन्तर्द्धानाद्व्यजायत ॥ २८ ॥ हविर्धानात्षडाग्नेयी धिषणाऽजनयत्सुतान् ॥ प्राचीनबर्हिषं शुक्लं गयं कृष्णं व्रजाजिनौ ॥ २९ ॥ प्राचीनबर्हिर्भगवान्महानासीत्प्रजापतिः ॥ हविर्धानान्महाराज येन संवर्द्धिताः प्रजाः ॥ ३० ॥ प्राचीनाग्राः कुशास्तस्य पृथिव्यां जनमेजय ॥ प्राचीनबर्हिर्भगवान्पृथिवीतलचारिणः ॥ ३१ ॥ समुद्रतनयायां तु कृतदारोऽभवत्प्रभुः ॥ महतस्तपसः पारे सवर्णायां महीपतिः ॥ ३२ ॥ सवर्णाऽऽधत्त सामुद्री दश प्राचीनबर्हिषः ॥ सर्वे प्रचेतसो नाम धनुर्वेदस्य पारगाः ॥ ३३ ॥ अपृथग्धर्मचरणास्तेऽतप्यन्त महत्तपः ॥ दशवर्षसहस्राणि समुद्रसलिलेशयाः ॥३४॥ तपश्चरत्सु पृथिवीं प्रचेतःसु महीरुहाः ॥ अरक्ष्यमा-

पुत्र उत्पन्न हुए—अन्तर्धान और पालित। अन्तर्धानने शिखण्डिनीके गर्भसे हविर्धान नामका एक पुत्र उत्पन्न किया ॥ २८ ॥ हविर्धानने अग्नितनया धिषणाके गर्भसे प्राचीनबर्हि, शुक्र, गय, कृष्ण, व्रज और अजिन नामके छ पुत्रोंको उत्पन्न किया ॥ २९ ॥ हे महाराज! भगवान प्राचीनबर्हि अपने पितासे भी अधिक शक्तिशाली थे। अतएव उनके शासनकालमें प्रजाकी बहुत बढ़ती हुई ॥ ३० ॥ हे जनमेजय! राजा प्राचीनबर्हिने इतने अधिक यज्ञ किये थे कि पूर्वको अग्रभाग करके बिछे हुए कुशोंसे सारी पृथिवी ढँक गयी थी। इसी कारण जगतीतलमें उनका नाम 'प्राचीनबर्हि' पड़ा था ॥३१॥ समुद्रकन्या सुवर्णाके साथ उनका विवाह हुआ था। उन्होंने उसके द्वारा दस पुत्र उत्पन्न किये। उन दसोंका नाम प्रचेता था और वे सब धनुर्वेदके पारदर्शी थे ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ वे सभी समानशील प्रचेता समुद्रमें शयन करते हुए दस हजार वर्षों तक कठोर तपस्या करते रहे ॥ ३४ ॥ जिससे पृथिवी अरक्षित होकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जंगलके रूपमें परिणत हो गयी और प्रजाका नाश हो गया ॥३५॥ उतने दिनोंतक वायु नहीं बह सका और आकाश बादलोंसे घिरा रहा । दस हजार वर्षतक प्रजाको हिलने-डुलनेका भी
अवकाश नहीं मिला ॥ ३६ ॥ उन तपस्वी प्रचेताओंने जब यह वृत्तान्त सुना तो कुपित होकर उन्होंने अपने मुखसे अग्नि तथा वायुका सृजन किया ॥ ३७ ॥ उस वायुने पृथिवीके जंगली
वृक्षोंको सुखा दिया और अग्नि उन्हें भस्म करने लगा ॥ ३८ ॥ जब कुछ वृक्ष शेष रह गये, तब वृक्षोंके अधिपति चन्द्रदेवने उन प्रचेताओंके पास जाकर कहा—॥ ३९ ॥ हे प्रचेता-
गण ! आप अपना क्रोध रोकिए । सारी पृथिवी प्रायः वृक्षशून्य हो गयी है । अब आप इस स्वरचित अग्नि तथा वायुको शान्त कर दीजिए ॥४०॥ भविष्यकी इन घटनाओंका स्मरण करके
ही मैंने वृक्षोंकी रत्नस्वरूपा सुन्दरी मारिषा नामकी कन्या अपनी चन्द्रिकाके गर्भमें सुरक्षित रखी थी । आपलोग इसका पाणिग्रहण करें । इसीके द्वारा चन्द्रवंशका विस्तार होगा ॥ ४१ ॥

तदुपणामावव्रुर्बभूवाथ प्रजाक्षयः ॥ ३५ ॥ नाशकन्मारुतो वातुं वृतं खमभवद्द्रुमैः ॥ दशवर्षसहस्राणि न शेकुश्चेष्टितुं प्रजाः ॥ ३६ ॥ तदुप-
श्रुत्य तपसा युक्ताः सर्वे प्रचेतसः ॥ मुखेभ्यो वायुमग्निं च तेऽसृजञ्जातमन्यवः ॥ ३७ ॥ उन्मूलानथ तान्कृत्वा वृक्षान्वायुरशोषयत् ॥ तानग्निरद-
हद्घोर एवमासीद्द्रुमक्षयः ॥ ३८ ॥ द्रुमक्षयमथो बुद्ध्वा किञ्चिच्छिष्टेषु शाखिषु ॥ उपगम्याब्रवीदेतान्राजा सोमः प्रजापतीन् ॥ ३९ ॥ कोपं यच्छत
राजानः सर्वे प्राचीनबर्हिषः ॥ वृक्षशून्या कृता पृथ्वी शाम्येतामग्निमारुतौ ॥ ४० ॥ रत्नभूता च कन्येयं वृक्षाणां वरवर्णिनी ॥ भविष्यं जानता
तत्त्वं धृता गर्भेण वै मया ॥ ४१ ॥ मारिषा नाम कन्येयं वृक्षाणामिति निर्मिता ॥ भार्या वोऽस्तु महाभागा सोमवंशविवर्धिनी ॥ ४२ ॥
युष्माकं तेजसोऽर्द्धेन मम चार्द्धेन तेजसः ॥ अस्यामुत्पस्यते पुत्रो दक्षो नाम प्रजापतिः ॥४३॥ य इमां दग्धभूयिष्ठां युष्मत्तेजोमयेन वै ॥ अग्निना-
ऽग्निसमो भूयः प्रजाः संवर्द्धयिष्यति ॥ ४४ ॥ ततः सोमस्य वचनाज्जगृहुस्ते प्रचेतसः ॥ संहृत्य कोपं वृक्षेभ्यः पत्नीधर्मेण मारिषाम् ॥ ४५ ॥
मारिषायां ततस्ते वै मानसा गर्भमादधुः ॥ दशभ्यस्तु प्रचेतोभ्यो मारिषायां प्रजापतिः ॥ दक्षो जज्ञे महातेजाः सोमस्यांशेन भारत ॥ ४६ ॥
पुत्रानुत्पादयामास सोमवंशविवर्द्धनान् ॥ अचरांश्च चरांश्चैव द्विपदोऽथ चतुष्पदः ॥ स दृष्ट्वा मनसा दक्षः पश्चादप्यसृजत्स्त्रियः ॥ ४७ ॥ ददौ स दश
धर्माय कश्यपाय त्रयोदश ॥ शिष्टाः सोमाय राज्ञेऽथ नक्षत्राख्या ददौ प्रभुः ॥ ४८ ॥ तासु देवाः खगा नागा गावो दितिजदानवाः ॥

। ४२ ॥ आप लोगोंके आधे तपोबल एवं मेरे आधे तेजसे उसके द्वारा दक्ष प्रजापतिका जन्म होगा ॥ ४३ ॥ वह पुत्र हमारे तपोबलसे अग्निके समान तेजस्वी होगा और वही इस दग्धप्राय
वसुन्धराकी रक्षा एवं प्रजाकी वृद्धि करेगा ॥ ४४ ॥ चन्द्रदेवकी बात मानकर प्रचेताओंने अपना क्रोध शान्त किया और मारिषाको पत्नीरूपमें स्वीकार कर लिया ॥ ४५ ॥ तदनन्तर
उन्होंने मारिषामें मानसिक गर्भाधान किया । अतएव उन दसों प्रचेताओं तथा चन्द्रदेवके अंशसे दक्षप्रजापतिका जन्म हुआ ॥ ४६ ॥ उन दक्षप्रजापतिने चन्द्रवंशकी वृद्धि करनेवाले
बहुतेरे पुत्रों एवं द्विपाद तथा चतुष्पादप्रभृति स्थावर-जंगम जीवोंकी सृष्टि की । तदनन्तर उन्होंने कुछ कन्यायें भी उत्पन्न कीं ॥ ४७ ॥ उनमेंसे दस पुत्रियाँ धर्मको, तेरह कश्यपको एवं
अवशिष्ट नक्षत्र नामकी कन्यायें चन्द्रदेवको दे दीं ॥ ४८ ॥ दक्षकी उन कन्याओंसे सभी देवता, पक्षी, गौ, सर्प, दैत्य, गन्धर्व, अप्सरा तथा अन्यान्य प्राणी उत्पन्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए ॥ ४९ ॥ इसके पहले मनन, दर्शन एवं स्पर्श द्वारा प्रजाकी सृष्टि हुआ करती थी। किन्तु दक्षप्रजापतिकी सृष्टिके बाद स्त्री-पुरुषके सहवाससे जीवोंकी उत्पत्ति होने लगी ॥ ५० ॥ जनमेजय बोले—हे द्विजवर! पहले आपने देव, दानव, गनधर्व, सर्प, राक्षस एवं दक्षप्रजापतिकी उत्पत्तिका वृत्तान्त बताते समय कहा था कि ब्रह्माके दाहिने अंगूठेसे उनकी पत्नीकी उत्पत्ति हुई थी ॥५१॥५२॥ तव वे सब इन प्रचेताओंके पुत्र कैसे हुए और ये दक्षप्रजापति सोमदेवके दौहित्र (नाती) होते हुए भी उनके ससुर कैसे हो गये? मुझे इस विषयमें वड़ा सन्देह हो रहा है। अतएव आप इस विषयको भली भाँति समझाकर कहिए ॥ ५३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन्! इस संसारमें उत्पत्ति और संहार नित्य होता रहता है। अतएव ऋषियों और विद्वानोंको इस विषयमें कुछ संशय नहीं होता ॥ ५४ ॥ युग-युगमें दक्ष आदि राजे उत्पन्न और नष्ट होते रहते हैं। अतएव विद्वान् लोग ऐसी बातोंमें सन्देह नहीं करते ॥५५॥ उन

गन्धर्वाप्सरसश्चैव जज्ञिरेऽन्याश्च जातयः ॥ ४९ ॥ ततः प्रभृति राजेन्द्र प्रजा मैथुनसंभवाः ॥ संकल्पाद्दर्शनात्स्पर्शात्पूर्वेषां सृष्टिरुच्यते ॥ ५० ॥ जनमेजय उवाच ॥ देवानां दानवानां च गन्धर्वोरगरक्षसाम् ॥ संभवः कथितः पूर्वं दक्षस्य च महात्मनः ॥ ५१ ॥ अंगुष्ठाद्ब्रह्मणो जातो दक्षः प्रोक्तस्त्वयाऽनघ ॥ वामांगुष्ठात्तथा चैव तस्य पत्नी व्यजायत ॥ ५२ ॥ कथं प्राचेतसत्वं सः पुनर्लेभे महातपाः ॥ एतन्मे संशयं विप्र सम्यगाख्या-तुमर्हसि ॥ दौहित्रश्चैव सोमस्य कथं श्वशुरतां गतः ॥ ५३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ उत्पत्तिश्च निरोधश्च नित्यौ भूतेषु पार्थिव ॥ ऋषयोऽत्र न मुह्यन्ति विद्वांसश्चैव ये जनाः ॥ ५४ ॥ युगे युगे भवन्त्येते सर्वे दक्षादयो नृपाः ॥ पुनश्चैव निरुध्यन्ते विद्वांस्तत्र न मुह्यति ॥ ५५ ॥ ज्यैष्ठ्यं कानिष्ठ्यमप्येषां पूर्वं नासीज्जनाधिप ॥ तप एव गरीयोऽभूत्प्रभावश्चैव कारणम् ॥ ५६ ॥ इमां विसृष्टिं दक्षस्य यो विद्यात्सचराचराम् ॥ प्रजावा-नायुरुत्तीर्णः स्वर्गलोके महीयते ॥ ५७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि प्रजासर्गे दक्षोत्पत्तिकथने द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

जनमेजय उवाच ॥ देवानां दानवानां च गन्धर्वोरगरक्षसाम् ॥ उत्पत्तिं विस्तरेणेमां वैशम्पायन कीर्तय ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ प्रजाः सृजेति व्यादिष्टः पूर्वं दक्षः स्वयम्भुवा ॥ यथा ससर्ज भूतानि तथा शृणु महीपते ॥ २ ॥ मानसान्येव भूतानि पूर्वमेवासृजत्प्रभुः ॥ ऋषीन्देवान्स-गन्धर्वानसुरानथ राक्षसान् ॥ यक्षभूतपिशाचांश्च वयःपशुसरीसृपान् ॥ ३ ॥ यदाऽस्य तास्तु मानस्यो न व्यवर्द्धन्त वै प्रजाः ॥ अवध्याता भगवता

लोगोंमें छोटाई-वड़ाई भी नहीं होती। तपोबलकी कमी-वेशीसे ही इनमें ज्येष्ठता और कनिष्ठता मानी जाती है ॥५६॥ जो प्राणी दक्षप्रजापतिकी चराचर सृष्टिको जानता है, वह पुत्रवान् होकर अन्तमें स्वर्गलोक पाता है ॥ ५७ ॥ इति श्रीमहाभारते पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकासहिते हरिवंशपर्वणि द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

(मरुतोंकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) जनमेजयने कहा—हे वैशम्पायन! आप देव, दानव, गन्धर्व, नाग तथा राक्षसोंकी उत्पत्तिका वृत्तान्त विस्तारके साथ कहिए ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन्! स्वयंभू ब्रह्मा द्वारा सृष्टिकार्य करनेकी आज्ञा पाकर दक्षप्रजापतिने जिस प्रकार प्राणियोंकी सृष्टि की थी, वह बताता हूँ—सुनिए ॥२॥ दक्ष प्रजापतिने पहले ऋषि, देव,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखा कि श्रीशिवजीके शापवश वे मानस जीव बढ़ नहीं रहे थे ॥ ३ ॥ ४ ॥ तब उन्होंने गन्धर्व, असुर, राक्षस, यक्ष, भूत, पिशाच, पक्षी, पशु और सर्पजातिकी मानस सृष्टि की तो स्त्री-पुरुषके संयोगसे ही प्रजावृद्धिको श्रेयस्कर समझा ॥ ५ ॥ तदनुसार उन्होंने वीरण प्रजापतिकी भूतधात्री एवं तपस्विनी कन्या असिक्नीके साथ विवाह किया ॥ ६ ॥ वीर दक्षने असिक्नीके गर्भसे पाँच सहस्र पुत्र उत्पन्न किये ॥ ७ ॥ उन पुत्रोंको प्रजावृद्धिके अभिलाषी देखकर संवादप्रिय नारदने उन्हें ऐसा-कुछ समझाया कि जिससे दक्षके शापवश उन सबके साथ नारदजी स्वयं भी नष्ट हो गये ॥ ८ ॥ पूर्वकालमें लोकपितामह ब्रह्माने पहले नारदकी ही सृष्टि की थी। किन्तु असाधारण पराक्रमी दक्षप्रजापतिके हर्यश्व तथा शबलाश्व नामके पुत्रोंको उन्होंने शास्त्रोपदेश देकर वैरागी बना दिया और वे घर-बार छोड़कर वनको चले गये। यह सुनकर दक्ष बहुत कुपित हुए और शाप देकर नारदको नष्ट कर दिया। तब ब्रह्माजी मरीचि आदि

महादेवेन धीमता ॥४॥ तदा संचिन्त्य तु पुनः प्रजाहेतोः प्रजापतिः ॥ स मैथुनेन धर्मेण सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः ॥५॥ असिक्नीमावहत्पत्नीं वीर-
णस्य प्रजापतेः ॥ सुतां सुतपसा युक्तां महतीं लोकधारिणीम् ॥ ६ ॥ अथ पुत्रसहस्राणि वीरण्यां पञ्च वीर्यवान् ॥ असिक्न्यां जनयामास दक्ष एव
प्रजापतिः ॥ ७ ॥ तांस्तु दृष्ट्वा महाभागान्संविवर्धयिषून्प्रजाः ॥ देवर्षिः प्रियसंवादो नारदः प्राब्रवीदिदम् ॥ नाशाय वचनं तेषां शापायैवात्मनस्तथा
॥ ८ ॥ यं कश्यपः सुतवरं परमेष्ठी व्यजीजनत् ॥ दक्षस्य वै दुहितरि दक्षशापभयान्मुनिः ॥ ९ ॥ पूर्वं स हि समुत्पन्नो नारदः परमेष्ठिना ॥
असिक्न्यामथ वैरिण्यां भूयो देवर्षिसत्तमः ॥ तं भूयो जनयामास पितेव मुनिपुङ्गवम् ॥१०॥ तेन दक्षस्य पुत्रा वै हर्यश्वा इति विश्रुताः ॥ निर्मथ्य
नाशिताः सर्वे विधिना च न संशयः ॥ ११ ॥ तस्योद्यतस्तदा दक्षो नाशायामितविक्रमः ॥ महर्षीन्पुरतः कृत्वा याचितः परमेष्ठिना ॥ १२ ॥
ततोऽभिसन्धि चक्रुस्ते दक्षस्तु परमेष्ठिना ॥ कन्यायां नारदो मह्यं तव पुत्रो भवेदिति ॥ १३ ॥ ततो दक्षस्तु तां प्रादात्कन्यां वै परमेष्ठिने ॥ स
तस्यां नारदो जज्ञे दक्षशापभयादृषिः ॥ १४ ॥ जनमेजय उवाच ॥ कथं विनाशिताः पुत्रा नारदेन महर्षिणा ॥ प्रजापतेर्द्विजश्रेष्ठ श्रोतुमिच्छामि
तत्त्वतः ॥ १५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ दक्षस्य पुत्रा हर्यश्वा विवर्द्धयिषवः प्रजाः ॥ समागता महावीर्या नारदस्तानुवाच ह ॥ १६ ॥ बालिशा
बत यूयं वै नास्या जानीथ वै भुवः ॥ प्रमाणं स्रष्टुकामाः स्थ प्रजाः प्राचेतसात्मजाः ॥ अन्तरूर्ध्वमधश्चैव कथं स्रक्ष्यथ वै प्रजाः ॥ १७ ॥ ते तु

ऋषियोंके साथ दक्षके पास गये और उन्होंने नारदको जीवनदान देनेकी प्रार्थना की ॥९–१२॥ तब दक्षने उन महर्षियोंसे मंत्रणा करके यह निश्चय किया कि मैं एक कन्या प्रदान करूँगा, जिससे नारदका फिर जन्म होगा ॥ १३ ॥ ऐसा कहकर दक्षने कश्यपके लिए वह कन्या ब्रह्माजीको सौंप दी। दक्षके शापसे डरकर महर्षि कश्यपने उस दक्षप्रदत्त कन्याको अंगीकार कर लिया और उसीसे नारदका पुनर्जन्म हुआ ॥१४॥ राजा जनमेजय बोले—हे द्विजश्रेष्ठ! मैं यह भलीभाँति जानना चाहता हूँ कि महर्षि नारदने दक्षके पुत्रोंको नष्ट क्यों किया ॥१५॥ वैशम्पायन कहने लगे—राजन्! दक्षपुत्र हर्यश्वगण प्रजावृद्धिकी अभिलाषासे नारदके पास गये, तब नारदने उनसे कहा—॥ १६ ॥ हे हर्यश्वगण! तुम लोग महामूर्ख हो। क्योंकि इस पृथिवीके ऊपर, मध्य तथा नीचेका विस्तार-परिमाण नहीं जानते। ऐसी स्थितिमें तुम प्रजासृष्टि कैसे करोगे? नारदकी बात सुनकर सभी हर्यश्व पृथिवीका विस्तार-परिमाण जाननेके लिए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब दिशाओंमें चले गये ॥ १७ ॥ १८ ॥ जैसे नदियाँ समुद्रमें मिल जानेके बाद फिर नहीं लौटतीं, उसी प्रकार हर्यश्वगण फिर नहीं लौटे। क्योंकि वे ऐसी जगह पहुँच गये थे, जहाँ वायु न मिलनेके कारण श्वास अवरुद्ध हो गया था ॥ १९ ॥ इस प्रकार हर्यश्वोंके चले जानेपर प्रचेतातनय दक्षने अपनी भार्या असिक्नी द्वारा फिर एक हजार पुत्र उत्पन्न किये ॥ २० ॥ उनका नाम शबलाश्व था। जब वे प्रजासृष्टिके लिए उत्सुक हुए, तब पहले ही की तरह नारदने उनसे भी वही बात कही ॥ २१ ॥ तब परस्पर मंत्रणा करके शबलाश्वोंने कहा—महामुनि ठीक तो कह रहे हैं। हमें अपने भ्राताओंका मार्ग अवश्य जानना चाहिए ॥ २२ ॥ पृथ्वीका परिमाण जान लेनेके बाद हम लोग एकाग्र तथा स्वस्थ मनसे प्रजासृष्टिका कार्य सम्पन्न करेंगे ॥ २३ ॥ ऐसा निश्चय करके वे शबलाश्वगण भी सब दिशाओंमें चले गये। जैसे नदियाँ समुद्रसे नहीं लौटतीं, वैसे ही वे भी नहीं लौटे ॥ २४ ॥ शबलाश्वोंके चले जानेपर दक्षने कुपित

तद्वचनं श्रुत्वा प्रयाताः सर्वतो दिशम् ॥ प्रमाणं द्रष्टुकामास्ते गताः प्राचेतसात्मजाः ॥ १८ ॥ वायोरनशनं प्राप्य गतास्ते वै पराभवम् ॥ अद्यापि न निवर्तन्ते समुद्रेभ्य इवापगाः ॥ १९ ॥ हर्यश्वेष्वथ नष्टेषु दक्षः प्राचेतसः पुनः ॥ वैरिण्यामेव पुत्राणां सहस्रमसृजत्प्रभुः ॥ २० ॥ विवर्द्धयिषवस्ते तु शबलाश्वाः प्रजास्तदा ॥ पूर्वोक्तं वचनं तात नारदेनैव नोदिताः ॥ २१ ॥ अन्योन्यमूचुस्ते सर्वे सम्यगाह महामुनिः ॥ भ्रातृणां पदवीं ज्ञातुं गन्तव्यं नात्र संशयः ॥ २२ ॥ ज्ञात्वा प्रमाणं पृथ्व्याश्च सुखं स्रक्ष्यामहे प्रजाः ॥ एकाग्राः स्वस्थमनसा यथावदनुपूर्वशः ॥ २३ ॥ तेऽपि तेनैव मार्गेण प्रयाताः सर्वतो दिशम् ॥ अद्यापि न निवर्तन्ते समुद्रादिव सिन्धवः ॥ २४ ॥ नष्टेषु शबलाश्वेषु दक्षः क्रुद्धोऽवदद्वचः ॥ नारदं नाशमेहीति गर्भवासं वसेति च ॥ २५ ॥ तदाप्रभृति वै भ्राता भ्रातुरन्वेषणे नृप ॥ प्रयातो नश्यति क्षिप्रं तन्न कार्यं विपश्चिता ॥ २६ ॥ तांश्चापि नष्टान्विज्ञाय पुत्रान्दक्षः प्रजापतिः ॥ षष्टिं भूयोऽसृजत्कन्या वैरिण्यामिति नः श्रुतम् ॥२७॥ तास्तदा प्रतिजग्राह भार्यार्थे कश्यपः प्रभुः ॥ सोमो धर्मश्च कौरव्य तथैवान्ये महर्षयः ॥ २८ ॥ ददौ स दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश ॥ सप्तविंशति सोमाय चतस्रोऽरिष्टनेमिने ॥ २९ ॥ द्वे चैव भृगुपुत्राय द्वे चैवाङ्गिरसे तथा ॥ द्वे कृशाश्वाय विदुषे तासां नामानि मे शृणु ॥ ३० ॥ अरुन्धती वसुर्यामी लम्बा भानुर्मरुत्वती ॥ संकल्पा च मुहूर्ता च साध्या विश्वा च भारत ॥ धर्मपत्न्यो दश त्वेतास्तास्वपत्यानि मे शृणु ॥ ३१ ॥ विश्वेदेवाश्च विश्वायाः साध्यान्साध्या व्यजायत ॥ मरुत्वत्यां मरुत्वन्तो

होकर नारदसे कहा—हे नारद ! तुम अभी नष्ट हो जाओ और गर्भवासका कष्ट भोगो ॥२५॥ हे महाराज ! तभीसे ऐसी परिपाटी चल पड़ी कि भाईकी खोजमें जानेवाला भाई नष्ट होने लगा। इस कारण ज्ञानी मनुष्यको चाहिए कि भाईको खोजनेके लिए भाईको न भेजे ॥ २६ ॥ दक्ष प्रजापतिने शबलाश्वोंके नष्ट हो जानेकी बात जानकर अपनी पत्नी वैरिणी द्वारा साठ पुत्रियाँ उत्पन्न कीं ॥२७॥ कश्यप, सोम, धर्म तथा अन्यान्य ऋषियोंके साथ उनका विवाह हुआ ॥२८॥ उनमें दस कन्यायें धर्मको, तेरह कश्यपको, सत्ताईस सोमको, चार अरिष्टनेमिको, दो कन्यायें भृगुपुत्र, दो अंगिरा तथा दो कन्यायें कृशाश्वको मिलीं। अब उन कन्याओंके नाम सुनो—॥ २९ ॥ ३० ॥ अरुन्धती, वसु, यामी, लम्बा, भानु, मरुत्वती, संकल्पा, मुहूर्ता, साध्या और विश्वा, ये दस धर्मकी पत्नियाँ बनीं। अब इनकी सन्ततियोंके नाम सुनो—॥ ३१ ॥ विश्वासे विश्वेदेव, साध्यासे साध्यगण, मरुत्वतीसे मरुत्वान् और वसुसे वसुगण जायमान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए ॥ ३२ ॥ भानुसे भानुगण, मुहूर्तासे मुहूर्तगण, लम्बासे घोष, यामीसे नागवीथी और अरुन्धतीसे घृत-पशु-औषधि आदि पृथिवीकी सब वस्तुयें उत्पन्न हुईं ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ संकल्पासे सर्वशरीरगामी संकल्प तथा यामीकी पुत्री नागवीथीसे वृषलम्बा (ईश्वरप्रीतिकी देवी) जायमान हुई ॥ ३५ ॥ हे राजन् ! प्रचेतापुत्र दक्षने चन्द्रदेवको जितनी कन्यायें दी थीं, वे सब ज्योतिःप्रद अश्विनी-भरणी आदि नक्षत्रोंके नामसे विख्यात हुईं ॥ ३६ ॥ इनके अतिरिक्त जो विख्यात एवं तेजस्वी देवता थे; वे आठ वसु कहलाये । उनके नाम हैं—आप, ध्रुव, सोम, धर, अनल, अनिल, प्रत्यूष और प्रभात ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ इनमें वैतंड्य, श्रम, शान्त और मुनि ये चारों आपके पुत्र थे । लोकनाशन काल ध्रुवका पुत्र था ॥ ३९ ॥ भगवान् वर्चा चन्द्रदेवके पुत्र थे । इनका पिता होनेके कारण ही चन्द्रमा वर्चस्वी कहलाते हैं । मनोहराके गर्भसे द्रविण एवं हुतहव्यवह तथा शिशिर, प्राण और रमण, ये धरके पुत्र थे

वसोस्तु वसवस्तथा ॥३२॥ भानोस्तु भानवस्तात मुहूर्तायां मुहूर्तजाः ॥३३॥ लम्बायाश्चैव घोषोऽथ नागवीथी च यामिजा ॥ पृथिवीविषयं सर्वमरुन्धत्यां व्यजायत ॥ ३४ ॥ संकल्पायास्तु सर्वात्मा जज्ञे संकल्प एव हि ॥ नागवीथ्याश्च जामिन्या वृषलम्बा व्यजायत ॥ ३५ ॥ या राजन्सोमपत्न्यस्तु दक्षः प्राचेतसो ददौ ॥ सर्वा नक्षत्रनाम्न्यस्ता ज्योतिषे परिकीर्तिताः ॥ ३६ ॥ ये त्वन्ये ख्यातिमन्तो वै देवा ज्योतिःपुरोगमाः ॥ वसवोऽष्टौ समाख्यातास्तेषां वक्ष्यामि विस्तरम् ॥ ३७ ॥ आपो ध्रुवश्च सोमश्च धरश्चैवानिलानलौ ॥ प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवो नामभिः स्मृताः ॥ ३८ ॥ आपस्य पुत्रो वैतण्ड्यः श्रमः शान्तो मुनिस्तथा ॥ ध्रुवस्य पुत्रो भगवान्कालो लोकप्रकालनः ॥ ३९ ॥ सोमस्य भगवान्वर्चा वर्चस्वी येन जायते ॥ धरस्य पुत्रौ द्रविणो हुतहव्यवहस्तथा ॥ मनोहरायाः शिशिरः प्राणोऽथ रमणस्तथा ॥ ४० ॥ अनिलस्य शिवा भार्या यस्याः पुत्रो मनोजवः ॥ अविज्ञातगतिश्चैव द्वौ पुत्रावनिलस्य तु ॥ ४१ ॥ अग्निपुत्रः कुमारस्तु शरस्तम्बे श्रियान्वितः ॥ तस्य शाखो विशाखश्च नैगमेयश्च पृष्ठजाः ॥ ४२ ॥ अपत्यं कृत्तिकानां तु कार्तिकेय इति स्मृतः ॥ स्कन्दः सनत्कुमारश्च सृष्टः पादेन तेजसः ॥ ४३ ॥ प्रत्यूषस्य विदुः पुत्रमृषिं नाम्ना च देवलम् ॥ द्वौ पुत्रौ देवलस्यापि क्षमावन्तौ तपस्विनौ ॥ ४४ ॥ बृहस्पतेस्तु भगिनी वरस्त्री ब्रह्मचारिणी ॥ योगसिद्धा जगत्कृत्स्नमसक्ता विचचार ह ॥ ४५ ॥ प्रभासस्य च सा भार्या वसूनामष्टमस्य च ॥ विश्वकर्मा महाभागस्तस्यां जज्ञे प्रजापतिः ॥ ४६ ॥ शिल्प-

॥४०॥ शिवाके गर्भसे उत्पन्न मनोजव और अविज्ञातगति ये दोनों अनिलके पुत्र थे ॥४१॥ शरवननिवासी कुमार अग्निके पुत्र थे। कृत्तिकाओंके द्वारा पालित होनेके कारण उनको कार्तिकेय भी कहते हैं । शाख, विशाख और नैगमेय ये तीनों कार्तिकेयके छोटे भाई थे । स्कन्द तथा सनत्कुमार ये दोनों अग्निके चतुर्थांशसे उत्पन्न हुए थे । अतएव ये कार्तिकेयके नामभेदमात्र हैं ॥४२॥४३॥ प्रत्यूषके पुत्रका नाम देवल था । महर्षि देवलके भी दो तपस्वी तथा क्षमावान् पुत्र हुए ॥४४॥ सुरगुरु बृहस्पतिकी योगसिद्धा एवं ब्रह्मचारिणी नामसे विख्यात बहिन अनासक्त-भावसे समग्र विश्वमें भ्रमण किया करती थी । वह अष्टम वसु प्रभासकी पत्नी थी । महाभाग प्रजापति विश्वकर्मा उसीकी कोखसे उत्पन्न हुए थे ॥४५॥४६॥ विश्वकर्माने संसारमें हजारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकारके शिल्पकार्यका आविष्कार किया। शिल्पिश्रेष्ठ विश्वकर्माने ही सब प्रकारके आभूषण और देवताओंके लिए विमान बनाया था। आज भी अगणित मनुष्य उन महात्माकी ही कारीगरीका अनुसरण करके अपनी जीविका चलाते हैं ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ सुरभीने अपने तपके प्रभावसे शिवजीको प्रसन्न करके कश्यप द्वारा एकादश रुद्रोंको पुत्ररूपमें पाया था ॥ ४९ ॥ वे अजैकपाद, अहिर्बुध्न्य, त्वष्टा और रुद्र नामसे विख्यात थे। महायशस्वी विश्वरूप त्वष्टाका पुत्र था ॥ ५० ॥ हर, बहुरूप, त्र्यम्बक, अपराजित, वृषाकपि, शम्भु, कपर्दी, रैवत, मृगव्याध, सर्प और कपाली, ये ग्यारहों रुद्र त्रिभुवनके अधीश्वर थे ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ हे भरतश्रेष्ठ! पुराणोंमें इन रुद्रोंके सैकड़ों नाम गिनाये गये हैं और वे असंख्यरूपसे समस्त चराचर विश्वमें

सहस्राणां त्रिदशानां च वर्द्धकिः ॥ भूषणानां च सर्वेषां कर्ता शिल्पवतां वरः ॥ ४७ ॥ यः सर्वासां विमानानि देवतानां चकार ह ॥ मनुष्याश्चोपजीवन्ति यस्य शिल्पं महात्मनः ॥ ४८ ॥ सुरभी कश्यपाद्रुद्रानेकादश विनिर्ममे ॥ महादेवप्रसादेन तपसा भाविता सती ॥ ४९ ॥ अजैकपादहिर्बुध्न्यस्त्वष्टा रुद्राश्च भारत ॥ त्वष्टुश्चैवात्मजः श्रीमान्विश्वरूपो महायशाः ॥ ५० ॥ हरश्च बहुरूपश्च त्र्यम्बकश्चापराजितः ॥ वृषाकपिश्च शम्भुश्च कपर्दी रैवतस्तथा ॥ ५१ ॥ मृगव्याधश्च सर्पश्च कपाली च विशांपते ॥ एकादशैते कथिता रुद्रास्त्रिभुवनेश्वराः ॥ ५२ ॥ शतं त्वेवं समाख्यातं रुद्राणाममितौजसाम् ॥ पुराणे भरतश्रेष्ठ यैर्व्याप्ताः सचराचराः ॥ ५३ ॥ लोका भरतशार्दूल कश्यपस्य निबोध मे ॥ अदितिर्दितिर्दनुश्चैव अरिष्टा सुरसा खशा ॥ ५४ ॥ सुरभिर्विनता चैव ताम्रा क्रोधवशा इरा ॥ कद्रुर्मुनिश्च राजेन्द्र तास्वपत्यानि मे शृणु ॥ ५५ ॥ पूर्वमन्वन्तरे श्रेष्ठा द्वादशासन्सुरोत्तमाः ॥ तुषिता नाम तेऽन्योन्यमूचुर्वैवस्वतेऽन्तरे ॥ ५६ ॥ उपस्थितेऽतियशसि चाक्षुषस्यान्तरे मनोः ॥ हितार्थं सर्वसत्त्वानां समागम्य परस्परम् ॥ ५७ ॥ आगच्छत द्रुतं देवा अदितिं संप्रविश्य वै ॥ मन्वन्तरे प्रसूयामस्तन्नः श्रेयो भविष्यति ॥ ५८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा तु ते सर्वे चाक्षुषस्यान्तरे मनोः ॥ मारीचात्कश्यपाज्जातास्तेऽदित्या दक्षकन्यया ॥ ५९ ॥ तत्र विष्णुश्च शक्रश्च जज्ञाते पुनरेव हि ॥ अर्यमा चैव धाता च त्वष्टा पूषा च भारत ॥ ६० ॥ विवस्वान्सविता चैव मित्रो वरुण एव च ॥ अंशो भगश्चातितेजा आदित्या द्वादश स्मृताः ॥ ६१ ॥ चाक्षुषस्यान्तरे पूर्वमासन्ये तुषिताः सुराः ॥ वैवस्वतेऽन्तरे ते वै आदित्या द्वादश स्मृताः ॥६२॥ सप्तविंशति याः प्रोक्ताः सोमपत्न्योऽथ

विद्यमान रहते हैं ॥ ५३ ॥ हे भरतशार्दूल! अब कश्यपकी पत्नियों और उनकी सन्ततिका नाम सुनिए—अदिति, दिति, दनु, अरिष्टा, सुरसा, खशा, सुरभी, विनता, ताम्रा, क्रोधवशा, इरा, कद्रु और मुनि ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ चाक्षुष मन्वन्तरमें तुषित नामके जो बारह मुख्य देवता थे, उन्होंने वैवस्वत मन्वन्तरमें परस्पर कहा——॥ ५६ ॥ यह बड़ा यशस्वी चाक्षुष मन्वन्तर आ गया है। सो सब जीवोंके कल्याणार्थ हम सब एक साथ चलकर अदितिके गर्भमें प्रविष्ट होकर जन्म लें। ऐसा करनेसे हमारा हित होगा ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—ऐसा कहकर वे सब देवता वैवस्वत मन्वन्तरमें मरीचिपुत्र महर्षि कश्यपके औरस पुत्र होकर दक्षतनया अदितिके गर्भसे उत्पन्न हुए ॥ ५९ ॥ तदनुसार इन्द्र, विष्णु, अर्यमा, धाता, त्वष्टा,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूषा, विवस्वान्, सविता, मित्र, वरुण, अंश और भग इन द्वादश आदित्योंकी उत्पत्ति हुई ॥ ६० ॥ ६१ ॥ चाक्षुष मन्वन्तरमें जो तुषित नामके देवता थे, वे ही वैवस्वत मन्वन्तरमें इन
द्वादश आदित्योंके नामसे जायमान हुए ॥ ६२ ॥ चन्द्रदेवकी सत्ताइस पत्नियोंसे भी बहुतेरी सन्ततियाँ उत्पन्न हुईं ॥ ६३ ॥ अरिष्टनेमिकी पत्नियोंने सोलह सन्तानें उत्पन्न कीं । वज्र,
मेघ, इन्द्रधनुष और विद्युत् इन चार तेजस्वी पुत्रोंको ज्ञानवान् बहुपुत्रने उत्पन्न किया ॥ ६४ ॥ ब्रह्मर्षियोंसे समादृत सब ऋक् प्रत्यंगिराके पुत्र थे । देवर्षि कृशाश्वके जितने पुत्र हुए, वे
सब देवशस्त्रोंके नामोंसे प्रसिद्ध हुए ॥६५॥ हजार युग बाद वे देवता फिर जन्म लेते हैं । वसु आदि तैंतीस देवता कामज कहे जाते हैं ॥६६॥ हे महाराज ! जैसे सूर्यदेव आकाशमण्डलमें
उदित और अस्त होते हैं, वैसे ही ये देवता उत्पन्न और विलीन होते रहते हैं ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ मैंने सुना है कि कश्यपने दितिके गर्भसे महाबली हिरण्यकशिपु तथा हिरण्याक्ष नामके दो

बहुपुत्रस्य विदुषश्चतस्रो विद्युतः स्मृताः
सुव्रताः ॥ तासामपत्यान्यभवन्दीप्तान्यमिततेजसाम् ॥ ६३ ॥ अरिष्टनेमिपत्नीनामपत्यानीह षोडश ॥
॥ ६४ ॥ प्रत्यंगिरसजाः श्रेष्ठा ऋचो ब्रह्मर्षिसत्कृताः ॥ कृशाश्वस्य तु राजर्षेर्देवप्रहरणानि च ॥ ६५ ॥ एते युगसहस्रान्ते जायन्ते पुनरेव ह ॥
सर्वदेवगणास्तात त्रयस्त्रिंशत्तु कामजाः ॥ ६६ ॥ तेषामपि च राजेन्द्र निरोधोत्पत्तिरुच्यते ॥ ६७ ॥ यथा सूर्यस्य गगने उदयास्तमयाविह ॥ एवं
देवनिकायास्ते सम्भवन्ति युगे युगे ॥ ६८ ॥ दित्याः पुत्रद्वयं जज्ञे कश्यपादिति नः श्रुतम् ॥ हिरण्यकशिपुश्चैव हिरण्याक्षश्च वीर्यवान् ॥ ६९ ॥
सिंहिका चाभवत्कन्या विप्रचित्तेः परिग्रहः ॥ सैंहिकेया इति ख्यातास्तस्याः पुत्रा महाबलाः ॥ गणैश्च सह राजेन्द्र दशसाहस्रमुच्यते ॥ ७० ॥ तेषां
पुत्राश्च पौत्राश्च शतशोऽथ सहस्रशः ॥ असङ्ख्याता महाबाहो हिरण्यकशिपोः शृणु ॥ ७१ ॥ हिरण्यकशिपोः पुत्राश्चत्वारः प्रथितौजसः ॥ अनु-
ह्रादश्च ह्रादश्च प्रह्रादश्चैव वीर्यवान् ॥ ७२ ॥ संह्रादश्च चतुर्थोऽभूद्ध्रादपुत्रो ह्रदस्तथा ॥ संह्रादपुत्रः सुन्दश्च निसुन्दस्तावुभौ स्मृतौ ॥ ७३ ॥
अनुह्रादसुतो ह्यायुः शिबिः कालस्तथैव च ॥ विरोचनश्च प्राह्रादिर्बलिर्जज्ञे विरोचनात् ॥ ७४ ॥ बलेः पुत्रशतं त्वासीद् बाणज्येष्ठं नराधिप ॥
धृतराष्ट्रश्च सूर्यश्च चन्द्रमाश्चन्द्रतापनः ॥ ७५ ॥ कुम्भनाभो गर्दभाक्षः कुक्षिरित्येवमादयः ॥ बाणस्तेषामतिबलो ज्येष्ठः पशुपतेः प्रियः ॥ ७६ ॥
पुराकल्पे हि बाणेन प्रसाद्योमापतिं प्रभुम् ॥ पार्श्वतो विहरिष्यामि इत्येवं याचितो वरः ॥७७॥ बाणस्य चेन्द्रदमनो लोहित्यामुदपद्यत ॥ गणा-

पुत्र तथा सिंहिका नामकी एक कन्या उत्पन्न की । सिंहिकाका विवाह विप्रचित्तिके साथ हुआ था । सिंहिकाके गर्भसे जो बलवान् पुत्र उत्पन्न हुए, वे सैंहिकेय कहलाये ।
हे राजेन्द्र ! उनकी संख्या भी दस हजार थी ॥ ६९ ॥ ७० ॥ उनके द्वारा उत्पन्न पुत्र-पौत्रोंकी संख्या असंख्य है । हे महाबाहो ! अब मैं हिरण्यकशिपुकी सन्ततियाँ गिना
रहा हूँ, सुनिए ॥ ७१ ॥ हिरण्यकशिपुके अनुह्राद, ह्राद, प्रह्राद और संह्राद ये चार तेजस्वी पुत्र हुए । उनमेंसे ह्रादका पुत्र ह्रद तथा संह्रादके सुन्द-निसुन्द नामके दो पुत्र उत्पन्न हुए ।
॥ ७२ ॥ ७३ ॥ अनुह्रादके आयु, शिबि तथा काल नामके तीन पुत्र हुए । प्रह्रादका केवल एक पुत्र विरोचन हुआ ॥ ७४ ॥ विरोचनसे बलिका जन्म हुआ । बलिके बाण,
धृतराष्ट्र, सूर्य, चन्द्रमा, इंद्रतापन, कुम्भनाभ, गर्दभाक्ष और कुक्षि आदि सौ पुत्र उत्पन्न हुए । इनमें बाण उसका सबसे बड़ा पुत्र था और वह शिवजीको प्रिय था ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ पूर्व-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding JKS-MoE-Grant-2

कालमें बाणने अपनी तपस्यासे शिवजीको प्रसन्न करके यह वर माँगा कि मैं सदा आपके पास रहकर विहार करूँ ॥७७॥ बाणासुरकी लोहिती नामकी पत्नीने इन्द्रदमन नामके एक पुत्रको उत्पन्न किया। इस प्रकार हिरण्यकशिपुसे एक लाख असुर उत्पन्न हो गये ॥ ७८ ॥ इसी तरह हिरण्याक्षके भी पाँच विद्वान् और महाबलवान् पुत्र उत्पन्न हुए। उनके नाम थे—झर्झर, शकुनि, भूतसन्तापन, महानाभ और कालनाभ। इसी प्रकार कश्यपकी पत्नी दनुके गर्भसे सौ महाबलवान् पुत्र उत्पन्न हुए। वे बड़े तपस्वी और बड़े ही पराक्रमी थे। इनमेंसे जो प्रधान थे, उनके नाम बताता हूँ सुनिए—॥ ७९ ॥ ८० ॥ द्विमूर्धा, शकुनि, शंकुशिरा, शंकुकर्ण, विराध, गवेष्ठी, दुन्दुभि, अयोमुख, शम्बर, कपिल, वामन, मरीचि, मघवान्, इरा, गर्गशिरा, वृक, विक्षोभन, केतु, केतुवीर्य, शतह्रद, इन्द्रजित्, सर्वजित्, वज्रनाभ, विक्रान्त, महानाभ, कालनाभ, महाबाहु, एकचक्र, महाबली तारक, वैश्वानर, पुलोमा, विद्रावण, महाशिरा, स्वर्भानु, वृषपर्वा, महान्

स्तथासुरा राजञ्छतसाहस्रसम्मिताः ॥ ७८ ॥ हिरण्याक्षसुताः पञ्च विद्वांसः सुमहाबलाः ॥ झर्झरः शकुनिश्चैव भूतसन्तापनस्तथा ॥ ७९ ॥
महानाभश्च विक्रान्तः कालनाभस्तथैव च ॥ अभवन्दनुपुत्राश्च शतं तीव्रपराक्रमाः ॥ तपस्विनो महावीर्याः प्राधान्येन निबोध तान् ॥८०॥ द्विमूर्द्धा
शकुनिश्चैव तथा शङ्कुशिरा विभुः ॥ शङ्कुकर्णो विराधश्च गवेष्ठी दुन्दुभिस्तथा ॥ अयोमुखः शम्बरश्च कपिलो वामनस्तथा ॥८१॥ मरीचिर्मघवांश्चैव
इरा शङ्कुशिरा वृकः ॥ विक्षोभणश्च केतुश्च केतुवीर्यशतह्रदौ ॥८२॥ इन्द्रजित्सत्यजिच्चैव वज्रनाभस्तथैव च ॥ महानाभश्च विक्रान्तः कालनाभस्तथैव
च ॥ ८३ ॥ एकचक्रो महाबाहुस्तारकश्च महाबलः ॥ वैश्वानरः पुलोमा च विद्रावणमहासुरौ ॥८४॥ स्वर्भानुर्वृषपर्वा च तुहुण्डश्च महासुरः ॥ सूक्ष्म-
श्चैवातिचन्द्रश्च ऊर्णनाभो महागिरिः ॥ ८५ ॥ असिलोमा च केशी च शठश्च बलको मदः ॥ तथा गगनमूर्द्धा च कुम्भनाभो महासुरः ॥८६॥
प्रमदो मयश्च कुपथो हयग्रीवश्च वीर्यवान् ॥ वैसृपः सविरूपाक्षः सुपथोऽथ हराहरौ ॥ ८७ ॥ हिरण्यकशिपुश्चैव शतमायुश्च शम्बरः ॥ शरभः
शलभश्चैव विप्रचित्तिश्च वीर्यवान् ॥८८॥ एते सर्वे दनोः पुत्राः कश्यपादभिजज्ञिरे ॥ विप्रचित्तिप्रधानास्ते दानवाः सुमहाबलाः ॥ ८९ ॥ एतेषां
यदपत्यं तु तन्न शक्यं नराधिप ॥ प्रसङ्ख्यातुं महीपाल पुत्रपौत्राद्यनन्तकम् ॥९०॥ स्वर्भानोस्तु प्रभा कन्या पुलोम्नश्च सुतात्रयम् ॥ उपदानवी
हयशिराः शर्मिष्ठा वार्षपर्वणी ॥ ९१ ॥ पुलोमा कालिका चैव वैश्वानरसुते उभे ॥ बह्वपत्ये महावीर्ये मरीचेस्तु परिग्रहः ॥ ९२ ॥ तयोः पुत्रसह-
स्राणि षष्टिं दानवनन्दनान् ॥ चतुर्दशशतानन्यान्हिरण्यपुरवासिनः ॥ ९३ ॥ मरीचिर्जनयामास महता तपसान्वितः ॥ पौलोमाः कालकेयाश्च

असुर तुहुण्ड, सूक्ष्म, अतिचन्द्र, ऊर्णनाभ, महागिरि, असिलोमा, केशी, शठ, बलक, मद, गगनमूर्धा, कुम्भनाभ, प्रमद, मय, कुपथ, बलवान् हयग्रीव, वैसृप, विरूपाक्ष, सुपथ, हर, अहर, हिरण्यकशिपु, शतमायु, शम्बर, शरभ, शलभ और विप्रचित्ति, ये दनुके पुत्र थे। ये सभी कश्यपके वंशधर थे। इनमें विप्रचित्ति सर्वश्रेष्ठ था। ये दानव बड़े बलवान् थे ॥८१-८९॥ पुत्र-पौत्रक्रमसे इनकी जो वंशवृद्धि हुई, उसकी गणना संभव नहीं है ॥९०॥ प्रभा स्वर्भानुकी कन्या थी। उपदानवी, हयशिरा, शची और वार्षपर्वणी शर्मिष्ठा ये पुलोमाकी कन्यायें थीं ॥९१॥ पुलोमा और कालिका ये दोनों वैश्वानरकी पुत्रियाँ थीं। ये दोनों बड़ी शक्तिशालिनी कन्यायें कश्यपकी पत्नियाँ हुईं ॥ ९२ ॥ तपःपरायण कश्यप द्वारा पुलोमा और कालिकाके गर्भसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एकसठ हजार चार सौ पुत्र उत्पन्न हुए। ये सभी बलमदसे चूर रहते थे। हिरण्यपुरनिवासी ये सभी दानव ब्रह्मासे वर प्राप्त करके देवताओंसे अवध्य हो चुके थे। आगे चलकर अर्जुनने उनका वध किया ॥९३–९५॥ प्रभाके नहुष, शचीके सृञ्जय, शर्मिष्ठाके पूरु एवं उपदानवीसे दुष्यन्त नामक पुत्र उत्पन्न हुआ ॥९६॥ विप्रचित्तिने सिंहिकाके गर्भसे तेरह पुत्र उत्पन्न किये। वे तेरहों दानवोंके सम्पर्कमें आकर असाधारण पराक्रमी हो गये ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ व्यंश, शल्य, नभ, वातापी, नमुचि, इल्वल, खसृम, आञ्जिक, नरक, कालनाभ, शुक, पोतरण और वज्रनाभ इन तेरहों पुत्रोंमें राहु सबसे बड़ा था। यह राहु ही कभी-कभी सूर्य और चन्द्रमाको कष्ट दिया करता है। मूक और तुहुण्ड ये दो ह्रादके पुत्र थे ॥ ९९–१०१ ॥ सुन्दपुत्र मारीच ताड़काके गर्भसे उत्पन्न हुआ था। दनुवंश बढ़ानेवाले शिवमाण तथा परम पराक्रमी सुरकल्प आदि दानवोंका पुत्र-पौत्रक्रमसे कितना वंश बढ़ा, यह बताना कठिन है ॥१०२॥१०३॥

दानवास्ते महाबलाः ॥ ९४ ॥ अवध्या देवतानां च हिरण्यपुरवासिनः ॥ कृताः पितामहेनाजौ निहताः सव्यसाचिना ॥ ९५ ॥ प्रभाया नहुषः पुत्रः सृञ्जयश्च शचीसुतः ॥ पूरुं जज्ञेऽथ शर्मिष्ठा दुष्यन्तमुपदानवी ॥ ९६ ॥ ततोऽपरे महावीर्या दानवास्त्वतिदारुणाः ॥ सिंहिकायामथोत्पन्ना विप्रचित्तेः सुतास्तदा ॥ ९७ ॥ दैत्यदानवसंयोगाज्जातास्तीव्रपराक्रमाः ॥ सैंहिकेया इति ख्यातास्त्रयोदश महाबलाः ॥ ९८ ॥ व्यंशः शल्यश्च बलिनौ नभश्चैव महाबलः ॥ वातापिर्नमुचिश्चैव इल्वलः खसृमस्तथा ॥ ९९ ॥ आञ्जिको नरकश्चैव कालनाभस्थैव च ॥ शुकः पोतरणश्चैव वज्रनाभश्च वीर्यवान् ॥१००॥ राहुर्ज्येष्ठस्तु तेषां वै सूर्यचन्द्रविमर्दनः ॥ मूकश्चैव तुहुण्डश्च ह्रादपुत्रौ बभूवतुः ॥ १०१ ॥ मारीचः सुन्दपुत्रश्च ताटकायां व्यजायत ॥ शिवमाणस्तथा चैव सुरकल्पश्च वीर्यवान् ॥ १०२ ॥ एते वै दानवाः श्रेष्ठा दनुवंशविवर्द्धनाः ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च शतशोऽथ सहस्रशः ॥ १०३ ॥ संह्रादस्य तु दैत्यस्य निवातकवचाः कुले ॥ समुत्पन्नाः सुतपसा महान्तो भावितात्मनः ॥ १०४ ॥ तिस्रः कोट्यः सुतास्तेषां मणिमत्यां निवासिनाम् ॥ तेऽप्यवध्यास्तु देवानामर्जुनेन निपातिताः ॥ १०५ ॥ षट् सुताः सुमहासत्त्वास्ताम्रायाः परिकीर्तिताः ॥ काकी श्येनी च भासी च सुग्रीवी शुचि गृध्रिका ॥ १०६ ॥ काकी काकानजनयदुलूकी प्रत्युलूककान् ॥ श्येनी श्येनांस्तथा भासी भासान्गृध्रांश्च गृध्र्यपि ॥ १०७ ॥ शुचिरौदकान्पक्षिगणान्सुग्रीवी तु परंतप ॥ अश्वानुष्ट्रान्गर्दभांश्च ताम्रावंशः प्रकीर्तितः ॥ १०८ ॥ विनता-

अतिशय कठोर तपमें लीन संह्रादके वंशमें निवातकवचगण उत्पन्न हुए। वे दानव बड़े तपस्वी और भावुक थे ॥१०४॥ उनके पुत्रोंकी संख्या तीन करोड़ थी और वे सब मणिमतीपुरीमें रहते थे। वे भी ब्रह्मासे वर प्राप्त करके देवताओंसे अवध्य हो चुके थे और अन्तमें उनको भी अर्जुनने ही मारा था ॥ १०५ ॥ ताम्राने छ पुत्र तथा काकी, श्येनी, भासी, सुग्रीवी, शुचि, गृध्रिका, उलूकी इन कन्याओंको जन्म दिया ॥ १०६ ॥ उनमेंसे काकीने कौओंको, उलूकीने उल्लुओंको, श्येनीने श्येनों (बाजों) को, भासीने भास पक्षियों तथा गृध्रिकाने गिद्धोंको उत्पन्न किया ॥ १०७ ॥ शुचिसे जलचर पक्षी और सुग्रीवीसे ऊँट-गधे आदि पशु उत्पन्न हुए। इन्हीं सबके द्वारा ताम्राके वंशका विस्तार हुआ ॥ १०८ ॥ अरुण और गरुड़ ये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दोनों विनताके पुत्र थे। उनमें गरुड़ने अपने पराक्रमसे उन्नति करके पक्षियोंमें श्रेष्ठता पायी ॥ १०९ ॥ सुरसाके गर्भसे अनेक फनवाले एक सहस्र सर्प उत्पन्न हुए। वे सब बड़े पराक्रमी, कई सिरवाले और आकाशचारी थे, किंतु वे सदा गरुड़के अधीन रहते थे ॥ ११० ॥ १११ ॥ इनमेंसे शेष, वासुकी, तक्षक, ऐरावत, महापद्म, कम्बल, अश्वतर, एलापत्र, शंख, कर्कोटक, धनंजय, महानील, महाकर्ण, धृतराष्ट्र, बलाहक, कुहर, पुष्पदंष्ट्र, दुर्मुख, सुमुख, शंख, शंखपाल, कपिल, वामन, नहुष, शंखरोमा और मणि ये उन सर्पोंके मुखिया थे। इनके पत्र-पौत्रोंका विनाश पक्षिराज गरुड़ने किया था ॥११२–११५॥ स्थलचर और जलचर जितने भी पक्षी हैं, वे सभी पृथिवीके पुत्र हैं। इन सर्पभक्षी पक्षियोंकी कुल संख्या चौदह हजार है। ये सभी बड़े क्रोधी स्वभावके हैं और इनके दाँत बड़े भयानक हैं। गौ और भैंसे सुरभीकी वंशधर हैं ॥ ११६ ॥ ११७ ॥ वृक्ष-लता आदि सभी उद्भिज जातियोंकी उत्पत्ति इरासे हुई है। खशासे

यास्तु पुत्रौ द्वावरुणो गरुडस्तथा ॥ सुपर्णः पततां श्रेष्ठो दारुणः स्वेन कर्मणा ॥ १०९ ॥ सुरसायाः सहस्रं तु सर्पाणाममितौजसाम् ॥ अनेक-
शिरसां तात खेचराणां महात्मनाम् ॥ ११० ॥ काद्रवेयाश्च बलिनः सहस्रममितौजसः ॥ सुपर्णवशगा नागा जज्ञिरेऽनेकमस्तकाः ॥ १११ ॥
तेषां प्रधानाः सततं शेषवासुकितक्षकाः ॥ ऐरावतो महापद्मः कम्बलाश्वतरावुभौ ॥ ११२ ॥ एलापत्रस्तथा शंखः कर्कोटकधनंजयौ ॥ महानील-
महाकर्णौ धृतराष्ट्रबलाहकौ ॥ ११३ ॥ कुहरः पुष्पदंष्ट्रश्च दुर्मुखः सुमुखस्तथा ॥ शंखश्च शंखपालश्च कपिलो वामनस्तथा ॥ ११४ ॥ नहुषः
शंखरोमा च मणिरित्येवमादयः ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च गरुडेन निपातिताः ॥ ११५ ॥ चतुर्दश सहस्राणि क्रूराणामुरगाशिनाम् ॥ गणं क्रोध-
वशं विद्धि तस्य सर्वे च दंष्ट्रिणः ॥ ११६ ॥ स्थलजाः पक्षिणोऽब्जाश्च धरायाः प्रसवाः स्मृताः ॥ गास्तु वै जनयामास सुरभिर्महिषांस्तथा
॥ ११७ ॥ इरा वृक्षलता वल्लीस्तृणजातीश्च सर्वशः ॥ खशा तु यक्षरक्षांसि मुनीनप्सरसस्तथा ॥ ११८ ॥ अरिष्टा तु महासत्त्वान्गन्धर्वान-
मितौजसः ॥ एते कश्यपदायादाः कीर्तिताः स्थाणुजङ्गमाः ॥ ११९ ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च शतशोऽथ सहस्रशः ॥ एष मन्वन्तरे तात सर्गः
स्वारोचिषे स्मृतः ॥ १२० ॥ वैवस्वते तु महति वारुणे वितते क्रतौ ॥ जुह्वानस्य ब्रह्मणो वै प्रजासर्ग इहोच्यते ॥ १२१ ॥ पूर्वं यत्र तु ब्रह्मर्षी-
नुत्पन्नान्सप्त मानसान् ॥ पुत्रत्वे कल्पयामास स्वयमेव पितामहः ॥ १२२ ॥ ततो विरोधे देवानां दानवानां च भारत ॥ दितिर्विनष्टपुत्रा वै

यक्ष-राक्षस-मुनि-अप्सरायें तथा अरिष्टासे प्रबल पराक्रमी एवं तेजस्वी गन्धर्वोंकी उत्पत्ति हुई। इस प्रकार मैंने महर्षि कश्यपकी स्थावर-जंगम सन्ततियोंका वर्णन किया ॥११८॥११९॥ उनके पुत्र-पौत्रोंकी संख्या सैकड़ों और हजारों होनेके कारण असीम है। हे तात जनमेजय! यह समस्त सृष्टि स्वारोचिष मन्वन्तरमें हुई थी ॥ १२० ॥ वैवस्वत मन्वन्तरमें वरुणने एक बहुत बड़ा यज्ञ ठाना। उस यज्ञमें होतारूपमें उपस्थित ब्रह्माके द्वारा जिस प्रकार सृष्टिकार्य सम्पन्न हुआ, उसका मैं विशदरूपसे विवेचन कर रहा हूँ ॥ १२१ ॥ इस वैवस्वत मन्वन्तरमें लोकपितामह ब्रह्माने अपने पुरातन मानस पुत्र सप्तर्षियोंको गन्धर्वादिके सृष्टिकार्यपर नियुक्त किया ॥ १२२ ॥ तदनन्तर देवताओं तथा दैत्योंमें विरोध उपस्थित होनेपर दैत्योंका विनाश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वर माँगनेके लिए उससे आग्रह किया। तब हो गया। पुत्रोंके नष्ट हो जानेपर दितिने अपने पति कश्यपको प्रसन्न किया ॥ १२३ ॥ दितिकी उत्तम सेवासे प्रसन्न होकर कश्यपने उसने यह वर माँगा और कहा—मुझे ऐसा समर्थ और तेजस्वी पुत्र दीजिए, जो इन्द्रका वध कर सके। महातपस्वी कश्यपने उसे वरदान देते हुए कहा—हे देवि! यदि तुम सौ वर्षोंतक व्रतधारणपूर्वक पवित्रताके साथ गर्भ धारण कर सकोगी तो अवश्य तुम्हारी कोखसे इन्द्रको मारनेवाला पुत्र उत्पन्न होगा ॥ १२४–१२७ ॥ दितिके 'तथास्तु' कहनेपर महर्षि कश्यपने देवताओंके अधिपति एवं उन देवोंके द्वारा अवध्य पुत्रकी कामना करते हुए दितिमें गर्भाधान किया। ऐसा करके वे व्रत लेकर तप करनेके लिए पर्वतपर चले गये ॥ १२८–१३० ॥ इधर इन्द्र दितिकी अपवित्रताका अवसर देखने लगे। जब सौ साल पूरा होनेमें केवल एक वर्ष शेष रह गया तो एक दिन दिति बिना पाँव धोये शय्यापर सो गयी। इसी समय देवराज

तोषयामास कश्यपम् ॥ १२३ ॥ तां कश्यपः प्रसन्नात्मा सम्यगाराधितस्तया ॥ वरेण छन्दयामास सा च वव्रे वरं ततः ॥ १२४ ॥ पुत्रमिन्द्र-
वधार्थाय समर्थममितौजसम् ॥ स च तस्यै वरं प्रादात्प्रार्थितं सुमहातपाः ॥ १२५ ॥ दत्त्वा च वरमव्यग्रो मारीचस्तामभाषत ॥ भविष्यति
सुतस्तेऽयं यद्येनं धारयिष्यसि ॥ १२६ ॥ इन्द्रं सुतो निहन्ता ते गर्भं वै शरदां शतम् ॥ यदि धारयसे शौचं तत्परा व्रतमास्थिता ॥ १२७ ॥
तथेत्यभिहितो भर्ता तथा देव्या महातपाः ॥ धारयामास गर्भं तु शुचिः सा वसुधाधिप ॥ १२८ ॥ ततोऽभ्युपागमद्दित्यां गर्भमाधाय कश्यपः ॥
रोचयन्वै गणश्रेष्ठं देवानाममितौजसाम् ॥ १२९ ॥ तेजः संहृत्य दुर्धर्षमवध्यममरैरपि ॥ जगाम पर्वतायैव तपसे शंसितव्रतः ॥ १३० ॥ तस्याश्चै-
वान्तरे प्रेप्सुरभवत्पाकशासनः ॥ ऊने वर्षशते चास्या ददर्शान्तरमच्युतः ॥ १३१ ॥ अकृत्वा पादयोः शौचं दितिः शयनमाविशत् ॥ निद्रां च
कारयामास तस्याः कुक्षिं प्रविश्य सः ॥ १३२ ॥ वज्रपाणिस्ततो गर्भं सप्तधा तं न्यकृन्तत ॥ स पाट्यमानो वज्रेण गर्भस्तु प्ररुरोद ह ॥ १३३ ॥
मा रोदीरिति तं शक्रः पुनः पुनरथाब्रवीत् ॥ सोऽभवत्सप्तधा गर्भस्तमिन्द्रो रुषितः पुनः ॥ १३४ ॥ एकैकं सप्तधा चक्रे वज्रेणैवारिकर्शनः ॥
मरुतो नाम देवास्ते बभूवुर्भरतर्षभ ॥ १३५ ॥ यथैवोक्तं मघवता तथैव मरुतोऽभवन् ॥ देवा एकोनपञ्चाशत्सहाया वज्रपाणिनः ॥ १३६ ॥
तेषामेवं प्रवृद्धानां भूतानां जनमेजय ॥ रोचयन्वै गणश्रेष्ठं देवानाममितौजसाम् ॥१३७॥ निकायेषु निकायेषु हरिः प्रादात्प्रजापतिम् ॥ क्रमशस्तानि

इन्द्र उसके उदरमें घुस गये और अपने वज्रसे उस गर्भको काटकर सात खण्ड कर दिया। विदीर्ण करते समय गर्भस्थ बालक रोदन करने लगा। यद्यपि इन्द्र उसे बार-बार रोनेसे रोकते रहे। फिर भी वह रोता ही रहा। इससे इन्द्र और भी कुपित हो गये ॥ १३१–१३४ ॥ और उन्होंने उन सात खण्डोंमेंसे भी एक-एक खण्डके सात-सात टुकड़े कर दिये। उन्हींसे उनचास पवनोंकी उत्पत्ति हुई। इन्द्रने गर्भस्थ शिशुको 'मारोदीः (मत रोओ)' कहा था, इस कारण वे सभी सजीव खण्ड मरुत् कहलाये और तबसे वे सदाके लिए इन्द्रके साथी देवता बन गये ॥ १३५ ॥ १३६ ॥ हे महाराज जनमेजय! इस प्रकार धीरे-धीरे जब प्राणिसृष्टि बहुत बढ़ गयी, तब विष्णु भगवान्ने देवताओंमेंसे एक देवताको सेनापति चुना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और प्रत्येक देवताको प्राणियोंके आधिपत्यका भार सौंपा। महाराज पृथु इन अधिपतियोंके प्रधान हुए ॥ १३७ ॥ १३८ ॥ हे राजन्! वे विष्णुभगवान् ही प्रधान पुरुष, वीर, कृष्ण, जिष्णु (जयशील), प्रजापति, पर्जन्य (मेघ), तपन (सूर्य) और अव्यक्त महापुरुष हैं। सारा संसार उनका ही है। वे सृष्टिकी सब बात जानते हैं। इस प्रजासृष्टिविषयक तथा उनचास पवनोंकी उत्पत्तिका वृत्तान्त सुनने तथा पढ़नेवाला व्यक्ति परलोकके भयसे छूट जाता है और उसे धरतीपर फिर जन्म नहीं लेना पड़ता ॥ १३९ ॥ १४० ॥ इति श्रीमहाभारते पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकासहिते हरिवंशपर्वणि तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

(महाराज पृथुका वृत्तान्त) वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! लोकपितामह ब्रह्माने वेनतनय महाराज पृथुको राज्यभार सौंपकर बादमें क्रमशः अन्यान्य लोगोंको जो-जो

राज्यानि पृथुपूर्वाणि भारत ॥ १३८ ॥ स हरिः पुरुषो वीरः कृष्णो जिष्णुः प्रजापतिः ॥ पर्जन्यस्तपनो व्यक्तस्तस्य सर्वमिदं जगत् ॥ १३९ ॥ भूतसर्गमिमं सम्यग्जानतो भरतर्षभ ॥ मरुतां च शुभं जन्म शृण्वतः पठतोऽपि वा ॥ नावृत्तिभयमस्तीह परलोकभयं कुतः ॥ १४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि मरुतोत्पत्तिकथनं तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अभिषिच्याधिराज्ये तु पृथुं वैन्यं पितामहः ॥ ततः क्रमेण राज्यानि व्यादेष्टुमुपचक्रमे ॥ १ ॥ द्विजानां वीरुधां चैव नक्षत्रग्रहयोस्तथा ॥ यज्ञानां तपसां चैव सोमं राज्येऽभ्यषेचयत् ॥ २ ॥ अपां तु वरुणं राज्ये राज्ञां वैश्रवणं प्रभुम् ॥ बृहस्पतिं तु विश्वेषां ददावाङ्गिरसं पतिम् ॥ ३ ॥ भृगूणामधिपं चैव काव्यं राज्येऽभ्यषेचयत् ॥ आदित्यानां तथा विष्णुं वसूनामथ पावकम् ॥ ४ ॥ प्रजापतीनां दक्षं तु मरुतामथ वासवम् ॥ दैत्यानां दानवानां च प्रह्लादममितौजसम् ॥ ५ ॥ वैवस्वतं च पितॄणां यमं राज्येऽभ्यषेचयत् ॥ मातॄणां च व्रतानां च मन्त्राणां च तथा गवाम् ॥ ६ ॥ यक्षाणां राक्षसानां च पार्थिवानां तथैव च ॥ नारायणं तु साध्यानां रुद्राणां वृषभध्वजम् ॥ ७ ॥ विप्रचित्तिं तु राजानं दानवानामथादिशत् ॥ सर्वभूतपिशाचानां गिरिशं शूलपाणिनम् ॥ ८ ॥ शैलानां हिमवन्तं च नदीनामथ सागरम् ॥ गन्धानां मरुतां चैव भूतानामशरीरिणाम् ॥ शब्दाकाशवतां चैव वायुं च बलिनां वरम् ॥ ९ ॥ गन्धर्वाणामधिपतिं चक्रे चित्ररथं प्रभुम् ॥ नागानां वासुकिं

काम दिया, वह बता रहा हूँ सुनिए ॥ १ ॥ ब्रह्माजीने चन्द्रमाको सभी ब्राह्मणों, वृक्षों, नक्षत्रों, ग्रहों, यज्ञों और तपस्याओंका राजा बनाया ॥ २ ॥ इसी प्रकार वरुणको जलका राजा, कुबेरको राजाओंका राजा और बृहस्पतिको समस्त विश्वका अधिपति बनाया ॥ ३ ॥ सभी भृगुवंशियोंका अध्यक्ष शुक्राचार्यको बनाया। सभी आदित्योंका अधिपति विष्णुको और वसुओंका अध्यक्ष पावकको बनाया ॥ ४ ॥ प्रजापतियोंका अधिपति दक्षको, मरुतोंका अधिपति इन्द्रको और दैत्यों तथा दानवोंका प्रभु प्रह्लादको बनाया ॥ ५ ॥ सूर्यपुत्र यमको पितरोंका राजा बनाया। षोडश मातृकाओं, सभी व्रतों, मन्त्रों, गौओं, यक्षों, राक्षसों और साध्योंका अधिपति श्रीविष्णुभगवानको बनाया। ब्रह्माने रुद्रोंका अध्यक्ष शिवजीको बनाया ॥ ६ ॥ ७ ॥ इसी प्रकार उन्होंने विप्रचित्तिको दानवोंका और शिवजीको सभी भूतों और पिशाचोंका राजा बनाया ॥ ८ ॥ सभी पर्वतोंका राजा हिमवान्को, नदियोंका राजा समुद्रको, सभी प्रकारके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गन्धों, वायुओं, अशरीरी जीवों और आकाशगुणसम्पन्न शब्दोंका राजा प्रबल पराक्रमी वायुको बनाया ॥ ९ ॥ ब्रह्माजीने गंधर्वोंका राजा चित्ररथको, नागोंका राजा वासुकी नागको और सर्पोंका राजा तक्षकको बनाया ॥ १० ॥ उन्होंने हाथियोंका राजा ऐरावतको, अश्वोंका राजा उच्चैःश्रवाको और पक्षियोंका राजा गरुड़को बनाया ॥ ११ ॥ मृगगणोंका राजा सिंहको, गौओंका राजा वृषभको और सब वृक्षोंका राजा अश्वत्थ (पीपल) को बनाया ॥ १२ ॥ सभी समुद्रों, नदियों, मेघों, वर्षा और आदित्योंका अधिपति पर्जन्यको बनाया ॥ १३ ॥ सभी दाँतवाले जीवोंका राजा शेषको तथा रेंगकर चलनेवाले सभी सर्पोंका राजा तक्षकको बनाया ॥ १४ ॥ ब्रह्माजीने सब गन्धर्वों और अप्सराओंका राजा कामदेवको बनाया । ऋतु, मास, पक्ष, दिन, रात, मुहूर्त, तिथि, पर्व, कला, काष्ठा, ऋतु, दोनों अयन (उत्तरायण-दक्षिणायन), योग एवं गणितका राजा सम्वत्सरको बनाया । पितामह ब्रह्माने इस प्रकार राज्यविभाग

मृगाणामथ शार्दूलं
चक्रे सर्पाणामथ तक्षकम् ॥ १० ॥ वारणानां च राजानमैरावतमथादिशत् ॥ उच्चैःश्रवसमश्वानां गरुडं चैव पक्षिणाम् ॥ ११ ॥ मृगाणामथ शार्दूलं गोवृषं च गवां पतिम् ॥ वनस्पतीनां राजानं प्लक्षमेवादिशत्प्रभुम् ॥ १२ ॥ सागराणां नदीनां च मेघानां वर्षणस्य च ॥ आदित्यानामधिपतिं पर्जन्यमभिषिक्तवान् ॥ १३ ॥ सर्वेषां दंष्ट्रिणां शेषं राजानमभ्यषेचयत् ॥ सरीसृपाणां सर्पाणां राजानं चैव तक्षकम् ॥ १४ ॥ गन्धर्वाप्सरसां चैव कामदेवं तथा प्रभुम् ॥ ऋतूनामथ मासानां दिवसानां तथैव च ॥ १५ ॥ पक्षाणां च क्षपाणां च मुहूर्ततिथिपर्वणाम् ॥ कलाकाष्ठाप्रमाणानां गतेरयनयोस्तथा ॥ १६ ॥ गणितस्याथ योगस्य चक्रे संवत्सरं प्रभुम् ॥ एवं विभज्य राज्यानि क्रमेण स पितामहः ॥ १७ ॥ दिशापालानाथ ततः स्थापयामास भारत ॥ पूर्वस्यां दिशि पुत्रं तु वैराजस्य प्रजापतेः ॥ १८ ॥ दिशापालं सुधन्वानं राजानं चाभ्यषेचयत् ॥ दक्षिणस्यां महात्मानं कर्दमस्य प्रजापतेः ॥ १९ ॥ पुत्रं शंखपदं नाम राजानं सोऽभ्यषेचयत ॥ पश्चिमायां दिशि तथा राजसः पुत्रमच्युतम् ॥ २० ॥ केतुमन्तं महात्मानं राजानं सोऽभ्यषेचयत् ॥ तथा हिरण्यरोमाणं पर्जन्यस्य प्रजापतेः ॥ २१ ॥ उदीच्यां दिशि दुर्द्धर्षं राजानं सोऽभ्यषेचयत् ॥ तैरियं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा सपर्वता ॥ २२ ॥ यथाप्रदेशमद्यापि धर्मेण परिपाल्यते ॥ राजसूयाभिषिक्तस्तु पृथुरेभिर्नराधिपैः ॥ वेददृष्टेन विधिना राजराज्ये नराधिप ॥ २३ ॥ ततो मन्वन्तरेऽतीते चाक्षुषेऽमिततेजसि ॥ वैवस्वताय मनवे ब्रह्मा राज्यमथादिशत ॥ तस्य विस्तरमाख्यास्ये मनोर्वैवस्वतस्य ह ॥ २४ ॥

करके उन्होंने दिक्पालोंकी नियुक्ति की । तदनुसार उन्होंने वैराज प्रजापतिके पुत्र सुधन्वाको पूर्वदिशाका दिक्पाल नियत किया । कर्दम प्रजापतिके पुत्र शंख-पद्मको दक्षिण दिशाका दिक्पाल बनाया । रजपुत्र महात्मा अच्युत केतुमान्‌को उन्होंने पश्चिम दिशाका राजा बनाया । पर्जन्य प्रजापतिके पुत्र दुर्धर्ष हिरण्यरोमाको ब्रह्माने उत्तरदिशाका स्वामी नियत किया । तभीसे राजसूय यज्ञाभिषिक्त महाराज पृथुके अधीन रहते हुए वैदिक विधिसे ये सब अपना-अपना कार्यभार वहन करते तथा ग्रामों, नगरों एवं सप्तद्वीपोंयुक्त पृथिवीका धर्मपूर्वक परिपालन करते चले आ रहे हैं ॥ १९–२३ ॥ इस प्रकार चाक्षुष मन्वन्तर बीत जानेपर भगवान् स्वयम्भूने वैवस्वत मनुको राज्यभार सौंपा । अब मैं वैवस्वत मनुका वृत्तान्त विस्तारपूर्वक वर्णन करूँगा ॥ २४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे राजेन्द्र ! आप इसे स्वस्थ मनसे सुनें। पुराणोंमें ऐसा कहा गया है कि वैवस्वत मन्वन्तरका आख्यान सुननेवालेको इहलोकमें धन, यश तथा दीर्घ आयु प्राप्त होती है और मरनेपर स्वर्ग-लाभ होता है ॥ २५ ॥ इतनी कथा सुनकर जनमेजयने कहा—हे वैशम्पायन ! आप महाराज पृथुका जन्म तथा उनके द्वारा पृथ्वीदोहनका वृत्तान्त विस्तृतरूपसे सुनाइए ॥२६॥ देवता ऋषि, पितर, नाग, यक्ष, वृक्ष, पर्वत, पिशाच, गन्धर्व, ब्राह्मण तथा असाधारण पराक्रमी राक्षसोंके साथ मिलकर उन्होंने किस प्रकार पृथिवीको दुहा ॥ २७ ॥ २८ ॥ किसका कौनसा दोहनपात्र था, कौन बछड़ा था, कौन दोग्धा था और कौन-कौन वस्तु दुही गयी थी ॥ २९ ॥ किस कारण कुपित होकर उन ऋषियोंने राजा वेनका दाहिना हाथ मथा ? यह सब वृत्तान्त आप मुझे बताइए ॥ ३० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! मैं वेनतनय महाराज पृथुका चरित्र विस्तारपूर्वक बताऊँगा। आप एकाग्र मनसे सुनिए ॥३१॥ यह आख्यान

तवानुकूल्याद्राजेन्द्र यदि शुश्रूषसेऽनघ ॥ महदेतदधिष्ठानं पुराणे परिकीर्तितम् ॥ धन्यं यशस्यमायुष्यं स्वर्गवासकरं शुभम् ॥ २५ ॥ जनमेजय उवाच ॥ विस्तरेण पृथोर्जन्म वैशम्पायन कीर्तय ॥ यथा महात्मना तेन दुग्धा चेयं वसुन्धरा ॥ २६ ॥ यथा च पितृभिर्दुग्धा यथा देवैर्यर्षिभिः ॥ यथा दैत्यैश्च नागैश्च यथा यक्षैर्यथा द्रुमैः ॥ २७ ॥ यथा शैलैः पिशाचैश्च गन्धर्वैश्च द्विजोत्तमैः ॥ राक्षसैश्च महासत्त्वैर्यथा दुग्धा वसुन्धरा ॥ २८ ॥ तेषां पात्रविशेषांश्च वैशम्पायन कीर्तय ॥ वत्सान्क्षीरविशेषांश्च दोग्धारं चानुपूर्वशः ॥ २९ ॥ यस्माच्च कारणात्पाणिर्वेनस्य मथितः पुरा ॥ क्रुद्धैर्महर्षिभिस्तात कारणं तच्च कीर्तय ॥ ३० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ हंत ते कथयिष्यामि पृथोर्वैन्यस्य विस्तरम् ॥ एकाग्रः प्रयतश्चैव शृणुष्व जनमेजय ॥ ३१ ॥ नाशुचेः क्षुद्रमनसः कुशिष्यायाव्रताय च ॥ कीर्तनीयमिदं राजन्कृतघ्नायाहिताय वा ॥ ३२ ॥ स्वर्ग्यं यशस्यमायुष्यं धर्म्यं वेदेन सम्मितम् ॥ रहस्यमृषिभिः प्रोक्तं शृणु राजन्यथातथम् ॥ ३३ ॥ यश्चैनं कथयेन्नित्यं पृथोर्वैन्यस्य विस्तरम् ॥ ब्राह्मणेभ्यो नमस्कृत्य न स शोचेत्कृताकृतैः ॥ ३४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पृथूपाख्याने चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ आसीद्धर्मस्य गोप्ता वै पूर्वमत्रिसमः प्रभुः ॥ अत्रिवंशसमुत्पन्नस्त्वङ्गो नाम प्रजापतिः ॥ १ ॥ तस्य पुत्रोऽभवद्वेनो नात्यर्थं धर्मकोविदः ॥ जातो मृत्युसुतायां वै सुनीथायां प्रजापतिः ॥ २ ॥ स मातामहदोषेण वेनः कालात्मजात्मजः ॥ स्वधर्मं पृष्ठतः कृत्वा

अपवित्र, क्षुद्र, कुशिष्य, व्रतविहीन, कृतघ्न और अहितकारी व्यक्तिको नहीं सुनाना चाहिए ॥ ३२ ॥ यह ऋषिप्रोक्त तथा वेदतुल्य गूढ़ तत्त्व सुननेसे स्वर्ग, यश एवं दीर्घ आयु प्राप्त होती है। अतएव अब मैं वेननन्दन महाराज पृथुका जन्मवृत्तान्त बता रहा हूँ ॥ ३३ ॥ जो मनुष्य ब्राह्मणोंको नमस्कार करके नित्य पृथुचरित्रको कहता है, उसे अपने किये हुए शुभाशुभ कर्मोंके लिए पछताना नहीं पड़ता ॥ ३४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पूर्वकालमें अत्रिवंशज अङ्ग नामके एक प्रजापति हुए। वे महर्षि अत्रिके ही समान सामर्थ्यसम्पन्न और धर्मरक्षक थे ॥ १ ॥ मृत्युतनया सुनीथाके गर्भसे उनके जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम वेन था। वेन धर्मके तत्त्वोंसे अनभिज्ञ था ॥ २ ॥ अपने नाना (मृत्यु) के दोषवश वह धर्मभ्रष्ट होकर अपनी कुत्सित वृत्तियोंको तृप्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने राज्यमें अधार्मिक राज्यकी स्थापना की ॥ ४ ॥ उसके शासनकालमें वेदाध्ययन करनेके लिए उतावला हो उठा ॥ ३ ॥ उस राजाने वेदधर्मको त्याग दिया और अधार्मिक बनकर और प्रणवका उच्चारण असम्भव हो गया। यज्ञमें देवताओंने सोमरस पीना छोड़ दिया ॥५॥ उसने मानों अपने अन्तकालको समीप बुलाते हुए यह क्रूर घोषणा की कि 'मेरे राज्यमें न कोई यज्ञ करे और न हवन ॥ ६ ॥ क्योंकि मैं ही यज्ञ हूँ, मैं ही हवनकर्त्ता और मैं ही सबका अभीष्ट देवता हूँ। अतएव आजसे लोग मेरे ही लिए यज्ञ और मेरे ही लिए हवन करें' ॥ ७ ॥ इस प्रकार वेन सर्वथा मर्यादाहीन होकर लोकगर्हित कार्य करने लगा। तब मरीचि आदि ऋषि उसके पास जाकर कहने लगे—॥ ८ ॥ हे महाराज वेन! हमलोग बहुवर्षव्यापी यज्ञकी दीक्षा लेने जा रहे हैं। इसलिए अब तुम अधर्म न करो। क्योंकि यही सनातन धर्म है ॥ ९ ॥ हे राजन्! तुम महर्षि अत्रिके कुलमें उत्पन्न हुए हो और तुमने राजधर्मके अनुसार

वेदधर्मानतिक्रम्य सोऽधर्मनिरतोऽभवत् ॥ ४ ॥ निःस्वाध्यायवषट्कारास्त-
कामाल्लोभेष्ववर्तत ॥ ३ ॥ मर्यादां स्थापयामास धर्मापेतां स पार्थिवः ॥ आसीत्प्रतिज्ञा क्रूरेयं विनाशे
स्मिन्राजनि शासति ॥ प्रवृत्तं न पपुः सोमं हुतं यज्ञेषु देवताः ॥ ५ ॥ न यष्टव्यं न होतव्यमिति तस्य प्रजापतेः ॥ तमतिक्रान्तमर्यादमाददानम-
प्रत्युपस्थिते ॥ ६ ॥ अहमिज्यश्च यष्टा च यज्ञश्चेति कुरुद्वह ॥ मयि यज्ञो विधातव्यो मयि होतव्यमित्यपि ॥ ७ ॥ अधर्मं कुरु मा वेन नैष धर्मः सनातनः ॥ ९ ॥
साम्प्रतम् ॥ ऊचुर्महर्षयः सर्वे मरीचिप्रमुखास्तदा ॥ ८ ॥ वयं दीक्षां प्रवेक्ष्यामः संवत्सरगणान्बहून् ॥ तांस्तदा ब्रुवतः सर्वान्महर्षीनब्रवीत्तदा ॥ वेनः
निधनेऽत्रेः प्रसूतस्त्वं प्रजापतिरसंशयम् ॥ प्रजाश्च पालयिष्येऽहमिति ते समयः कृतः ॥ १० ॥ श्रुतवीर्यतपः सत्यैर्मया वा कः समो भुवि
प्रहस्य दुर्बुद्धिरिममर्थमनर्थवित् ॥ ११ ॥ वेन उवाच ॥ स्रष्टा धर्मस्य कश्चान्यः श्रोतव्यं कस्य वै मया ॥ इच्छन्दहेयं पृथिवीं प्लावयेयं तथा जलैः ॥
॥ १२ ॥ प्रभवं सर्वभूतानां धर्माणां च विशेषतः ॥ संमूढा न विदुर्नूनं भवन्तो मामचेतसः ॥ १३ ॥ अनुनेयं तदा वेनस्ततः क्रुद्धा महर्षयः ॥ १५ ॥
खं भुवं चैव रुन्धेयं नात्र कार्या विचारणा ॥ १४ ॥ यदा न शक्यते मोहादवलेपाच्च पार्थिवः ॥ तस्मिंस्तुमथ्यमाने वै राज्ञ ऊरौ प्रजज्ञिवान् ॥
निगृह्य तं महात्मानो विस्फुरन्तं महाबलम् ॥ ततोऽस्य सव्यमूरुं ते ममन्थुर्जातमन्यवः ॥ १६ ॥

प्रजापालन करनेकी प्रतिज्ञा कर रखी है ॥ १० ॥ उन महर्षियोंके ऐसा कहनेपर दुर्बुद्धि वेन हँसता हुआ बोला ॥ ११ ॥ वेनने कहा—मेरे सिवाय धर्मका स्रष्टा और कौन है? मैं और किसकी बात सुनूँ? इस जगतीतलमें मेरे सिवाय दूसरा कौन शास्त्रज्ञ, पराक्रमी, तपस्वी तथा पराक्रमी है? ॥ १२ ॥ तुमलोग बड़े मूर्ख तथा परिस्थितिके ज्ञानसे शून्य हो। तुम नहीं जानते कि मैं ही सब प्राणियोंके धर्मका उत्पादक हूँ ॥ १३ ॥ मैं चाहूँ तो सारी पृथिवीको भस्म कर दूँ या कि जलमें बहा दूँ। मैं चाहूँ तो आकाश और पृथिवीको भी अवरुद्ध कर दूँ। इस विषयमें रंच भर भी सन्देह न करना ॥१४॥ हे महाराज! राजा वेन जब मोह और अहंकारवश शिष्टाचार प्रदर्शन भी करनेमें असमर्थ हो गया तो वे सब मुनि क्रुद्ध हो गये ॥१५॥ और उसे पकड़कर उसकी दाहिनी जंघा मथने लगे। उस समय वह बहुत छटपटा रहा था ॥ १६ ॥ कुछ देर इस प्रकार मन्थन करनेपर उसकी जाँघसे एक बौना और अतिशय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कृष्ण वर्णका पुरुष प्रकट हुआ ॥ १७ ॥ उत्पन्न होते ही वह पुरुष भयभीत भावसे हाथ जोड़कर उन महर्षियोंके समक्ष खड़ा हो गया। उसे बहुत घबड़ाया देखकर महर्षि अत्रिने कहा—'निषीद' अर्थात् बैठ जाओ ॥ १८ ॥ उनके ऐसा कहते ही वह बौना निषादवंशका संस्थापक बन गया। आगे चलकर उसीके द्वारा राजा वेनके पापसे जायमान धीवर-जातिकी सृष्टि हुई ॥ १९ ॥ उसींसे तुषार-तुम्बुर आदि विन्ध्यपर्वतनिवासिनी अधार्मिक तथा असभ्य जातियाँ उत्पन्न हुईं ॥ २० ॥ इसके अनन्तर वे कुपित महात्मा अरणीके समान वेनकी दाहिनी भुजा मथने लगे ॥ २१ ॥ तब उसकी दाहिनी भुजासे साक्षात् अग्निके समान तेजस्वी शरीरवाला एक पुरुष प्रकटा ॥ २२ ॥ प्रजारक्षणके लिए धनुष-बाण और कवच धारण किये हुए उत्पन्न वे महाराज पृथु थे ॥ २३ ॥ उनकी उत्पत्तिका समाचार सुनते ही प्रसन्न प्रजाजन चारों ओरसे एकत्रित होने लगे और वेन स्वर्ग चला गया ॥२४॥ हे कुरुकुल-

ह्रस्वोऽतिमात्रः पुरुषः कृष्णश्चातिबभूव ह ॥ १७ ॥ स भीतः प्राञ्जलिर्भूत्वा स्थितवाञ्जनमेजय ॥ तमत्रिर्विह्वलं दृष्ट्वा निषीदेत्यब्रवीत्तदा ॥ १८ ॥
निषादवंशकर्त्ताऽसौ बभूव वदतां वर ॥ धीवरानसृजच्चाथ वेनकल्मषसम्भवान् ॥१९॥ ये चान्ये विन्ध्यनिलयास्तुषारास्तुम्बुरास्तथा ॥ अधर्मरुचयो
ये च विद्धि तान्वेनसम्भवान् ॥ २० ॥ ततः पुनर्महात्मानः पाणिं वेनस्य दक्षिणम् ॥ अरणीमिव संरब्धा ममन्थुस्ते महर्षयः ॥ २१ ॥ पृथुस्तस्मा-
त्समुत्तस्थौ कराज्ज्वलनसन्निभः ॥ दीप्यमानः स्ववपुषा साक्षादग्निरिव ज्वलन् ॥२२॥ स धन्वी कवची जातः पृथुरेव महायशाः ॥ आद्यमाजगवं
नाम धनुर्गृह्य महारवम् ॥ शरांश्च दिव्यान्रक्षार्थं कवचं च महाप्रभम् ॥ २३ ॥ तस्मिञ्जातेऽथ भूतानि सम्प्रहृष्टानि सर्वशः ॥ समापेतुर्महाराज वेनश्च
त्रिदिवं गतः ॥ २४ ॥ समुत्पन्नेन कौरव्य सत्पुत्रेण महात्मना ॥ त्रातः स पुरुषव्याघ्रः पुंनाम्नो नरकात्तदा ॥ २५ ॥ तं समुद्राश्च नद्यश्च रत्ना-
न्यादाय सर्वशः ॥ तोयानि चाभिषेकाय सर्वं एवोपतस्थिरे ॥ २६ ॥ पितामहश्च भगवान्देवैराङ्गिरसैः सह ॥ स्थावराणि च भूतानि जङ्गमानि
तथैव च ॥ २७ ॥ समागम्य तदा वैन्यमभ्यषिञ्चन्नराधिपम् ॥ महता राजराजेन प्रजापालं महाद्युतिम् ॥ २८ ॥ सोऽभिषिक्तो महातेजा विधिव-
द्धर्मकोविदैः ॥ आदिराज्ये तदा राज्ञां पृथुर्वैन्यः प्रतापवान् ॥२९॥ पित्राऽपरञ्जितास्तस्य प्रजास्तेनानुरञ्जिताः ॥ अनुरागात्ततस्तस्य नाम राजे-
त्यजायत ॥ ३० ॥ आपस्तस्तम्भिरे चास्य समुद्रमभियास्यतः ॥ पर्वताश्च ददुर्मार्गं ध्वजभङ्गश्च नाभवत् ॥ ३१ ॥ अकृष्टपच्या पृथिवी सिद्ध्यन्त्य-

भूषण ! उस महात्मा सत्पुरुषके उत्पन्न होनेसे वेन पुंनामक नरकमें जानेसे बच गया ॥ २५ ॥ सभी नदियाँ और समुद्र विविध भाँतिके रत्न तथा अभिषेकके लिए जल ले-लेकर आ उपस्थित हुए। उसी समय देवताओंको साथ लिये हुए लोकपितामह ब्रह्माजी भी आ गये। उस स्थानपर सभी चराचर प्राणी भी आ पहुँचे ॥२६॥२७॥ इस प्रकार सब लोगोंने एकत्रित होकर परम तेजस्वी महाराज पृथुको प्रजापालनके निमित्त पृथिवीके राज्यपदपर अभिषिक्त कर दिया ॥२८॥ प्रबल प्रतापी राजा पृथु इस प्रकार विद्वानों द्वारा आदि राज्यपदपर अभिषिक्त होकर अपने पिताके शासनसे असन्तुष्ट प्रजाको प्रसन्न करने लगे। प्रजाके रंजनसे ही महाराज पृथु सच्चे अर्थमें राजा कहलाये ॥२९॥३०॥ जिस समय महाराज पृथु युद्धके लिए चलते थे तो सभी समुद्र, पर्वत तथा वृक्ष उन्हें स्वयं रास्ता दे देते थे। इसी कारण युद्धयात्रामें कभी भी महाराज पृथुके रथकी पताका नहीं झुकी ॥३१॥ राजा पृथुके शासनकालमें बिना जोते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मधुकी धारा बह चली ॥३२॥ तभी राजा पृथुने ब्रह्मयज्ञ आरम्भ किया। उस यज्ञके
बोये सोचते ही पृथिवी अन्नका भण्डार भर देती थी। गौवें कामधेनु बन गयीं और वृक्षोंके पत्ते-पत्तेमें मधुकी धारा बह चली ॥३२॥ तभी राजा पृथुने ब्रह्मयज्ञ आरम्भ किया। उस यज्ञके
सोमरस भरे कुण्डसे अतिशय बुद्धिमान् सूत-मागधकी उत्पत्ति हुई ॥३३॥ तब ऋषियोंने सूत-मागधको बुलाकर कहा—हे सूत और मागध! तुम दोनों सर्वथा स्तुतियोग्य महाराज पृथुकी
स्तुति करो। क्योंकि तुम इसी कार्यके योग्य हो ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ सूत-मागधने कहा—भगवन्! हम अपने सत्कर्मों द्वारा सभी देवताओं तथा ऋषियोंको प्रसन्न कर लेंगे ॥ ३६ ॥
किन्तु इन महाराज पृथुका यश, कार्य तथा लक्षण हम नहीं जानते। अतएव इनकी स्तुति करनेमें असमर्थ हैं ॥३७॥ तब ऋषि बोले—इन्होंने पूर्वकल्पमें जो कार्य किये हैं, वे ही काम
इस कल्पमें भी करेंगे। अतएव तुम दोनों उन भावी गुणोंका उल्लेख करके इनकी स्तुति करो ॥ ३८ ॥ तब वे दोनों वन्दीजन राजा पृथुको सम्बोधित करते हुए बोले—हे प्रबल

एतस्मिन्नेव काले तु यज्ञे पैतामहे शुभे ॥ सूतः सूत्यां समुत्पन्नः सौत्येऽहनि
न्नानि चिन्तया ॥ सर्वकामदुधा गावः पुटके पुटके मधु ॥ ३२ ॥ तावूचुर्ऋषयः सर्वे
महामतिः ॥ ३३ ॥ तस्मिन्नेव महायज्ञे जज्ञे प्राज्ञोऽथ मागधः ॥ पृथोः स्तवार्थं तौ तत्र समाहूतौ सुरर्षिभिः ॥ ३४ ॥ आवां देवानृषींश्चैव प्रीणयावः
स्तूयतामेष पार्थिवः ॥ कर्मैस्तदनुरूपं वा पात्रं चायं नराधिपः ॥ ३५ ॥ तावूचतुस्तदा सर्वांस्तानृषीन्सूतमागधौ ॥ ऋषिभिस्तौ नियुक्तौ
स्वकर्मभिः ॥ ३६ ॥ न चास्य विद्मो वै कर्म न तथा लक्षणं यशः ॥ स्तोत्रं येनास्य कुर्याव राज्ञस्तेजस्विनो द्विजाः ॥ ३७ ॥ श्रीमाञ्जेत्रः क्षमा-
च भविष्यैः स्तूयतामिति ॥ यानि कर्माणि कृतवान्पृथुः पश्चान्महाबलः ॥ ३८ ॥ सत्यवाग्दानशीलोऽयं सत्यसन्धो नरेश्वरः ॥ ४० ॥ शमः
शीलो विक्रान्तो दुष्टशासनः ॥ ३९ ॥ धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च दयावान्प्रियभाषणः ॥ मान्यो मानयिता यज्वा ब्रह्मण्यः सत्यसङ्गरः ॥ ४१ ॥ तयोः
शान्तश्च निरतो व्यवहारस्थितो नृपः ॥ ततः प्रभृति लोकेषु स्तवेषु जनमेजय ॥ आशीर्वादाः प्रयुज्यन्ते सूतमागधवन्दिभिः ॥ वृत्तीनामेष वो
स्तवैस्तैः सुप्रीतः पृथुः प्रादात्प्रजेश्वरः ॥ अनुपदेशं सूताय मगधान्मागधाय च ॥ ४२ ॥ तं दृष्ट्वा परमप्रीताः प्रजाश्चाहुर्महर्षयः ॥ सोऽभिद्रुतः
दाता भविष्यति जनेश्वरः ॥ ४३ ॥ ततो वैन्यं महाराज प्रजाः समभिदुद्रुवुः ॥ त्वं नो वृत्तिं विधत्स्वेति महर्षिवचनात्तदा ॥ ४४ ॥

आप श्रीमान्, विजयी, क्षमावान्, पराक्रमी और दुष्टोंके शासक हैं ॥ ३९ ॥ आप धर्मज्ञ, कृतज्ञ,
पराक्रमी वेननन्दन! आपके सदृश सत्यवादी, सत्यप्रतिज्ञ और दानी कोई नहीं है। हे महाराज जनमेजय! सूत-मागधके इस
दयालु, प्रियभाषी, माननीय, मानदाता, यज्ञशील, ब्राह्मणभक्त और सत्यप्रतिज्ञ हैं ॥ ४० ॥ आप शान्त, स्वकर्मनिरत और व्यवहारनिपुण हैं। उन दोनोंकी स्तुतिसे प्रसन्न होकर महाराज पृथुने सूतको अनूप देश
प्रकार स्तुतिपाठ करनेके कारण ही ये बन्दीजन कहलाये और तभीसे इन्हें आशीर्वाद देनेका अधिकार मिला ॥ ४१ ॥ ये महाराज पृथु ही तुम लोगोंकी जीविकाका उपाय करेंगे ॥४३॥
तथा मगधको मगधदेश प्रदान किया ॥४२॥ महाराज पृथुको देखकर परम प्रसन्न ऋषियोंने प्रजाजनोंसे कहा—देखो, यह सुनते ही
ऋषियोंके वचन सुनकर सारी प्रजा दौड़ पड़ी और चारों ओरसे महाराज पृथुको घेरकर कहने लगी—महाराज! आप हमारी जीविकाका कोई प्रबन्ध कर दीजिए ॥ ४४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रबल पराक्रमी महाराज पृथु प्रजाजनका कल्याण करनेके लिए धनुष-बाण धारण करके पृथिवीको पीडित करने लगे ॥ ४५ ॥ महाराज पृथुके डरसे पृथिवी गौका रूप धारण करके भागी और पृथुने धनुष लेकर उसका पीछा किया ॥ ४६ ॥ इस प्रकार पृथुके भयसे भागती हुई पृथिवी भूर्लोक आदि सब लोकोंको लाँघकर ब्रह्मलोकमें जा पहुँची। किन्तु उसने वहाँ भी धनुष-बाण हाथमें लिये महाराज पृथुको समक्ष खड़े देखा ॥ ४७ ॥ महायोगी, महात्मा तथा देवताओंसे भी अजेय पृथुके हाथोंमें तीखे और चमकते हुए बाण विद्यमान थे॥ ४८ ॥ त्रिलोकपूजनीया पृथिवीने जब कहीं भी शरण नहीं पायी तो वह राजा पृथुकी ही शरणमें पहुँची और हाथ जोड़कर बोली—॥४९॥ महाराज ! आप स्त्रीवधरूपी अधर्मका काम न करिए। और फिर यदि मैं ही न रहूँगी तो आप अपनी प्रजाको कहाँ रखेंगे ? ॥ ५० ॥ सभी लोक मुझपर रहते हैं और मैं समस्त संसारको अपने ऊपर धारण किये हूँ। हे राजन् ! मेरे नष्ट हो

प्रजाभिस्तु प्रजाहितचिकीर्षया ॥ धनुर्गृह्य पृषत्कांश्च पृथिवीमार्दयद्बली ॥ ४५ ॥ ततो वैन्यभयत्रस्ता गौर्भूत्वा प्राद्रवन्मही ॥ तां पृथुर्धनुरादाय द्रवन्तीमन्वधावत ॥ ४६ ॥ सा लोकान्ब्रह्मलोकादीन्गत्वा वैन्यभयात्तदा ॥ मंददर्शाग्रतो वैन्यं प्रगृहीतशरासनम् ॥ ४७ ॥ ज्वलद्भिर्निशितैर्बाणैर्दीप्ततेजसमच्युतम् ॥ महायोगं महात्मानं दुर्धर्षममरैरपि ॥ ४८ ॥ अलभन्ती तु सा त्राणं वैन्यमेवान्वपद्यत ॥ कृताञ्जलिपुटा भूत्वा पूज्या लोकैस्त्रिभिः सदा ॥ ४९ ॥ उवाच वैन्यं नाधर्म्यं स्त्रीवधं कर्तुमर्हसि ॥ कथं धारयिता चासि प्रजा राजन्विना मया ॥ ५० ॥ मयि लोकाः स्थिता राजन्मयेदं धार्यते जगत् ॥ मद्विनाशे विनश्येयुः प्रजाः पार्थिव विद्धि तत् ॥ ५१ ॥ न त्वमर्हसि मां हन्तुं श्रेयश्चेत्त्वं चिकीर्षसि ॥ प्रजानां पृथिवीपाल शृणु चेदं वचो मम ॥ ५२ ॥ उपायतः समारब्धाः सर्वे सिद्ध्यन्त्युपक्रमाः ॥ उपायं पश्य येन त्वं धारयेथाः प्रजा नृप ॥ ५३ ॥ हत्वाऽपि मां न शक्तस्त्वं प्रजा धारयितुं नृप ॥ अनुभूता भविष्यामि यच्छ कोपं महाद्युते ॥ ५४ ॥ अवध्यां च स्त्रियं प्राहुस्तिर्यग्योनिगतेष्वपि ॥ सत्त्वेषु पृथिवीपाल न धर्मं त्यक्तुमर्हसि ॥५५॥ एवं बहुविधं वाक्यं श्रुत्वा राजा महामनाः ॥ कोपं निगृह्य धर्मात्मा वसुधामिदमब्रवीत् ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पृथूपाख्याने पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

जानेसे सारी प्रजा नष्ट हो जायगी ॥ ५१ ॥ अतएव हे महीपाल ! यदि आप प्रजाका कल्याण करना चाहते हों तो मेरी बात सुनिए ॥५२॥ भलीभाँति सोचकर जो काम किया जाता है, वह अवश्य सफल होता है। अतएव आप अपनी प्रजाके रक्षणका उपाय सोचिए ॥ ५३ ॥ मुझे मारकर भी आप अपनी प्रजाकी रक्षा नहीं कर सकेंगे और बादमें मेरा स्मरण करके पछतायेंगे। अतएव हे महातेजस्विन् ! आप अपना कोप संवरण करिए ॥ ५४ ॥ पशु-पक्षी योनिकी भी स्त्रियोंका वध वर्जित है। इसलिए हे महीपाल ! आप अपना धर्म न छोड़िए ॥ ५५ ॥ पृथिवीकी इन बातोंको सुनकर महामनस्वी और धर्मात्मा पृथुने अपना कोप संवरण कर लिया और पृथिवीसे बोले ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पृथुचरित्रं तथा पृथिवीदोहनका विवरण) हे वसुन्धरे ! जो व्यक्ति अपने अथवा अन्य लोगोंके लिए एक या बहुतेरे प्राणियोंका वध करता है, उसे पापी बनना पड़ता
है ॥१॥ किन्तु जिस किसी एक व्यक्तिके मार डालनेपर अन्य बहुतेरे लोग सुखी रह सकें तो उसका वध करनेपर कोई पातक या उपपातक नहीं लगता ॥२॥ यदि किसी एक दुष्टके मरने-
पर बहुतसे लोगोंको सुख मिल सके तो उसका वध करनेसे पुण्य ही होता है ॥ ३ ॥ हे वसुन्धरे ! यदि आज तुम मेरा कहा न करोगी तो प्रजाके कल्याणार्थ मैं तुम्हें मार डालूँगा
॥ ४ ॥ मेरे आदेशकी अवहेलना करनेवाली तुझ दुष्टाको अपने बाणसे मारकर मैं अपनेको प्रकाशमें लाते हुए सारी प्रजाकी रक्षा करूँगा ॥५॥ तुम धर्मात्मा हो और सब लोकोंको धारण
करनेमें समर्थ हो । अतएव मेरी आज्ञाका पालन करती हुई तुम मेरी प्रजाकी रक्षा करो ॥ ६ ॥ अब तुम मेरी कन्या बन जाओ । तभी मैं तुम्हारे वधके लिए हाथमें लिया हुआ यह

पृथुरुवाच ॥ एकस्यार्थाय यो हन्यादात्मनो वा परस्य वा ॥ बहून्वै प्राणिनोऽथैकं भवेत्तस्येह पातकम् ॥ १ ॥ सुखमेधन्ति बहवो यस्मिंस्तु
निहते सति ॥ तस्मिन्नास्ति हते भद्रे पातकं चोपपातकम् ॥ २ ॥ एकस्मिन्यत्र निधनं प्रापिते दुष्टकारिणि ॥ बहूनां भवति क्षेमं तत्र पुण्यप्रदो
वधः ॥ ३ ॥ सोऽहं प्रजानिमित्तं त्वां हनिष्यामि वसुंधरे ॥ यदि मे वचनं नाद्य करिष्यसि जगद्धितम् ॥ ४ ॥ त्वां निहत्याद्य बाणेन मच्छासन-
पराङ्मुखीम् ॥ आत्मानं प्रथयित्वाऽहं प्रजा धारयिता स्वयम् ॥ ५ ॥ सा त्वं शासनमास्थाय मम धर्मभृतां वरे ॥ सञ्जीवय प्रजाः सर्वाः समर्था ह्यसि
धारणे ॥ ६ ॥ दुहितृत्वं च मे गच्छ तत एनमहं शरम् ॥ नियच्छेयं त्वद्वधार्थमुद्यतं घोरदर्शनम् ॥ ७ ॥ पृथिव्युवाच ॥ सर्वमेतदहं वीर विधा-
स्यामि न संशयः ॥ उपायतः समारब्धाः सर्वे सिद्ध्यन्त्युपक्रमाः ॥ ८ ॥ उपायं पश्य येन त्वं धारयेथाः प्रजा इमाः ॥ वत्सं तु मम सम्पश्य क्षरेयं
येन वत्सला ॥ ९ ॥ समां च कुरु सर्वत्र मां त्वं धर्मभृतां वर ॥ यथा विस्पन्दमानं मे क्षीरं सर्वत्र भावयेत् ॥ १० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तत
उत्सारयामास शैलाञ्छतसहस्रशः ॥ धनुष्कोट्या तदा वैन्यस्तेन शैला विवर्द्धिताः ॥ ११ ॥ पृथुर्वैन्यस्तदा राजा महीं चक्रे समां ततः ॥ मन्वन्तरे-
ष्वतीतेषु विषमाऽऽसीद्वसुन्धरा ॥ १२ ॥ स्वभावेनाभवन्ह्यस्याः समानि विषमाणि च ॥ चाक्षुषस्यान्तरे पूर्वमासीदेव तदा किल ॥ १३ ॥ न हि
पूर्वविसर्गे वै विषमे पृथिवीतले ॥ प्रविभागः पुराणां च ग्रामाणां वा तदाऽभवत् ॥ १४ ॥ न सस्यानि न गोरक्षा न कृषिर्न वणिक्पथः ॥ नैव

भयानक बाण तूणीरमें रखूँगा ॥ ७ ॥ पृथिवी बोली—हे वीरवर ! आपने जो कुछ कहा है, मैं वह सब करूँगी । इसमें कोई संशय नहीं है । किन्तु उपायका अवलम्बन करके किया हुआ
काम सफल होता है । अतएव आप यह स्थिर करिए कि किस उपायसे प्रजाकी रक्षा करिएगा । सर्वप्रथम आप एक ऐसा बछड़ा कल्पित करिए कि जिसे देखकर मेरे मनमें स्नेहका
उद्रेक हो और मेरे स्तनमें दूध उमड़ पड़े ॥ ८ ॥ ९ ॥ हे धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ ! इसके बाद आप मुझे समतल कर दें कि जिससे मेरे स्तनका निकला हुआ दूध समानभावसे फैल सके
॥ १० ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे राजन् ! वेननन्दन पृथुने पृथिवीकी बातोंको सुनकर भूपृष्ठको समतल करनेके लिए सैकड़ों-हजारों पर्वतोंको अपने धनुषके अग्रभागसे उठा-उठाकर
नीचे ऊपरके क्रमसे अलग रख दिया । इसी कारण वे पर्वत बहुत ऊँचे हो गये ॥ ११ ॥ इस प्रकार राजा पृथुने पृथिवीको समतल कर दिया । चाक्षुष मन्वन्तरमें पृथिवी ऊँची-नीची थी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १२ ॥ १३ ॥ इसी कारण उस समय पुरविभाग, ग्रामविभाग एवं गोरक्षा, कृषि, वाणिज्य, व्यापारिक मार्ग, सच, झूठ, लोभ और मत्सरका अस्तित्व नहीं था ॥ १४ ॥ १५ ॥ वैवस्वत मन्वन्तरमें महाराज पृथुके राज्यकालसे ही इन सबका आविर्भाव हुआ ॥१६॥ इस समय भूपृष्ठका जो-जो भाग समतल हो गया, वहाँ प्रजाजन अपने इच्छानुसार जाकर बस गये ॥१७॥ इसके पहले फल-मूलके अतिरिक्त प्रजाजनके आहारका और कोई साधन नहीं था। अतएव लोगोंको बड़े कष्टसे जीवनयापन करना पड़ता था ॥ १८ ॥ पृथिवीके परामर्शानुसार पृथुने स्वायम्भुव मनुको बछड़ा बनाकर अपने हाथों पृथिवीसे सब प्रकारका अन्नरूपी दूध दुहा ॥ १९ ॥ तभीसे प्रजा उन अन्नों द्वारा जीवन धारण करती आ रही है। ऋषियों द्वारा सुना गया है कि पृथुके बाद ऋषियोंने जब पृथिवीको दुहा तो महातेजस्वी और अङ्गिरातनय बृहस्पति दोग्धा, चन्द्रमा बछड़ा तथा चारों वेद दोहनपात्र बने और तपस्यारूपी शाश्वत ब्रह्म दूध बना

सत्यानृतं तत्र न लोभो न च मत्सरः ॥ १५ ॥ वैवस्वतेऽन्तरे चास्मिन्साम्प्रतं समुपस्थिते ॥ वैन्यात्प्रभृति राजेन्द्र सर्वस्यैतस्य सम्भवः ॥ १६ ॥
यत्र यत्र समं त्वस्या भूमेरासीदिहानघ ॥ तत्र तत्र प्रजाः सर्वाः संवासं समरोचयन् ॥ १७ ॥ आहारः फलमूलानि प्रजानामभवत्तदा ॥ कृच्छ्रेण
महता युक्त इत्येवमनुशुश्रुम ॥ १८ ॥ संकल्पयित्वा वत्सं तु मनुं स्वायम्भुवं प्रभुम् ॥ स्वपाणौ पुरुषश्रेष्ठ दुदोह पृथिवीं ततः ॥ सस्यजातानि
सर्वाणि पृथुर्वैन्यः प्रतापवान् ॥ १९ ॥ तेनान्नेन प्रजास्तात वर्तन्तेऽद्यापि नित्यशः ॥ ऋषिभिः श्रूयते चापि पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ वत्सः सोमोऽ-
भवत्तेषां दोग्धा चाङ्गिरसः सुतः ॥ २० ॥ बृहस्पतिर्महातेजाः पात्रं छन्दांसि भारत ॥ क्षीरमासीदनुपमं तपो ब्रह्म च शाश्वतम् ॥ २१ ॥ पुनर्देव-
गणैः सर्वैः पुरन्दरपुरोगमैः ॥ काञ्चनं पात्रमादाय दुग्धेयं श्रूयते मही ॥ २२ ॥ वत्सस्तु मघवानासीद्दोग्धा च सविता प्रभुः ॥ क्षीरमूर्जस्करं चैव
वर्तन्ते येन देवताः ॥ २३ ॥ पितृभिः श्रूयते चापि पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ राजतं पात्रमादाय स्वधाममितविक्रमैः ॥ २४ ॥ यमो वैवस्वतस्तेषामा-
सीद्वत्सः प्रतापवान् ॥ अन्तकश्चाभवद्दोग्धा कालो लोकप्रकालनः ॥ २५ ॥ नागैश्च श्रूयते दुग्धा वत्सं कृत्वा तु तक्षकम् ॥ अलाबुं पात्रमादाय
विषं क्षीरं नरोत्तम ॥ २६ ॥ तेषामैरावतो दोग्धा धृतराष्ट्रः प्रतापवान् ॥ नागानां भरतश्रेष्ठ सर्पाणां च महीपते ॥ २७ ॥ तेनैव वर्तयन्त्युग्रा
महाकाया विषोल्बणाः ॥ तदाहारास्तदाचारास्तद्वीर्यास्तदुपाश्रयाः ॥ २८ ॥ असुरैः श्रूयते चापि पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ आयसं पात्रमादाय

॥ २० ॥ २१ ॥ तदनन्तर इन्द्रादि देवताओंने कांचनपात्र लेकर पृथिवीका दोहन किया ॥ २२ ॥ उस समय सूर्यदेव दोग्धा और इन्द्र बछड़ा बने। उन्होंने उससे देवताओंके जीविका-स्वरूप यज्ञीय हविरूप दूध दुहा ॥ २३ ॥ इसके बाद जब पितरोंने रजतपात्रमें पृथिवीको दुहा तब प्रबल प्रतापी सूर्यपुत्र यमराज बछड़ा और लोकनाशन काल दोग्धा बना। उसने पृथिवीसे स्वधारूपी दूध दुहा ॥ २४ ॥ २५ ॥ तदनन्तर नागों और सर्पोंने तक्षकको बछड़ा बनाया और ऐरावत तथा धृतराष्ट्र नागने दोग्धा बनकर अलाबू (तुम्बी) के पात्रमें विषरूपी दूध दुहा ॥ २६ ॥ २७ ॥ उस विषके प्रभावसे सर्प अत्यन्त उग्रस्वभाव हो गये। क्योंकि विष ही उनका आहार, व्यवहार, बल और आश्रय था ॥ २८ ॥ इसके बाद जब असुर लौहपात्र लेकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मायां शत्रुनिर्बर्हिणीम् ॥ २९ ॥ विरोचनस्तु प्राह्लादिर्वत्सस्तेषामभूत्तदा ॥ ऋत्विग्द्विमूर्द्धा दैत्यानां मधुर्दोग्धा महाबलः ॥ ३० ॥ तयैते मायाऽद्यापि सर्वे मायाविनोऽसुराः ॥ वर्तयन्त्यमितप्रज्ञास्तदेषाममितं बलम् ॥ ३१ ॥ यक्षैश्च श्रूयते तात पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ आमपात्रे महाराज पुराऽन्तर्द्धानमक्षयम् ॥ ३२ ॥ वत्सं वैश्रवणं कृत्वा यक्षैः पुण्यजनैस्तदा ॥ दोग्धा रजतनाभस्तु पिता मणिवरस्य यः ॥ ३३ ॥ यक्षानुजो महातेजास्त्रिशीर्षः सुमहातपाः ॥ तेन ते वर्तयन्तीति परमर्षिरुवाच ह ॥ ३४ ॥ राक्षसैश्च पिशाचैश्च पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ शावं कपालमादाय प्रजा भोक्तुं नरर्षभ ॥ ३५ ॥ दोग्धा रजतनाभस्तु तेषामासीत्कुरूद्वह ॥ वत्सः सुमाली कौरव्य क्षीरं रुधिरमेव च ॥ ३६ ॥ तेन क्षीरेण यक्षाश्च राक्षसाश्चामरोपमाः ॥ वर्तयन्ति पिशाचाश्च भूतसङ्घास्तथैव च ॥ ३७ ॥ पद्मपत्रे पुनर्दुग्धा गन्धर्वैः साप्सरोगणैः ॥ वत्सं चित्ररथं कृत्वा शुचीन्गन्धान्नरर्षभ ॥ ३८ ॥ तेषां च सुरुचिस्त्वासीद्दोग्धा भरतसत्तम ॥ गन्धर्वराजोऽतिबलो महात्मा सूर्यसन्निभः ॥ ३९ ॥ शैलैश्च श्रूयते राजन्पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ ओषधीर्वै मूर्तिमती रत्नानि विविधानि च ॥ ४० ॥ वत्सस्तु हिमवानासीन्मेरुर्दोग्धा महागिरिः ॥ पात्रं तु शैलमेवासीत्तेन शैलाः प्रतिष्ठिताः ॥ ४१ ॥ वीरुद्भिः श्रूयते राजन्पुनर्दुग्धा वसुन्धरा ॥ पालाशं पत्रमादाय दग्धच्छिन्नप्ररोहणम् ॥ ४२ ॥ दुदोह पुष्पितः सालो वत्सः प्लक्षोऽभवत्तदा ॥ सेयं धात्री विधात्री च पावनी च वसुन्धरा ॥ ४३ ॥ चराचरस्य सर्वस्य प्रतिष्ठा योनिरेव च ॥ सर्वकामदुघा

मधु दैत्य दोग्धा बना। उसने पृथिवीसे शत्रुनाशक मायारूपी दूध दुहा ॥ २९ ॥ ३० ॥ उस मायाके प्रभावसे आज भी असुरगण मायावी तथा प्रबल प्रतापी होकर जीवन यापन कर रहे हैं ॥ ३१ ॥ इसके बाद यक्षोंने जब आम (कच्चे) पात्रमें दुहनेका उपक्रम किया तो कुबेर बछड़ा बने और मणिवरका पिता तपःपरायण एवं तीन मस्तकवाला रजतनाभ दोग्धा बना। उसने अन्तर्धानरूपी अविनाशी दूध दुहा। उस अन्तर्धानविद्याके बलसे यक्ष अप्रत्यक्षभावसे परशरीरमें प्रवेश करके स्वच्छन्दरूपसे निवास करते हैं ॥ ३२-३४ ॥ इसके बाद राक्षसों और पिशाचोंने शवकपालमें दुहनेका उपक्रम किया तो रजतनाभ दैत्य दोग्धा और सुमाली बछड़ा बना। उसने पृथिवीसे रुधिररूपी दूध दुहा ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ इस रुधिरके बलपर ही यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच देवताओंके सदृश सुखी जीवन व्यतीत करते हैं ॥ ३७ ॥ उसके बाद गन्धर्वों और अप्सराओंने सम्मिलित रूपसे पृथिवीको दुहनेका उपक्रम किया तो सूर्यसदृश तेजस्वी, महाबली और महात्मा गन्धवराज सुरुचि दोग्धा बने, चित्ररथ बछड़ा बना और पद्मपत्रमें अतिशय पवित्र गन्धद्रव्यरूपी दूध दुहा ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ तदनन्तर जब पर्वतोंने पर्वतका पात्र लेकर पृथिवीको दुहा तो हिमालय बछड़ा तथा महागिरि सुमेरु दोग्धा बना। इससे विभिन्न प्रकारकी मूर्तिमती औषधियों तथा रत्नोंकी उत्पत्ति हुई। पर्वतगण इन्हींके बूतेपर बढ़ते हैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ इसके बाद वृक्षोंने पलाशपत्रमें पृथिवीको दुहनेका उद्योग किया तो पुष्पित शालवृक्ष दोग्धा एवं प्लक्ष (पाकड़) वृक्ष वत्स बना और उसने पृथिवीसे छिन्न-दग्धांकुररूपी (कटने या जल जानेपर भी पुनः अंकुरित होनेका) दूध दुहा। हे महाराज जनमेजय ! यह पृथिवी माताकी तरह सबका पोषण करनेवाली तथा परम पुनीत है ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ यह सचराचर विश्वकी आश्रयस्थली है। अन्नादि सब पोषण पदार्थ इसीसे

दुहने चले तो प्रह्लादपुत्र विरोचन बछड़ा और दैत्यपुरोहित तथा महापराक्रमी द्विमूर्धा (दो सिरवाला)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उत्पन्न होते हैं। यह कामधेनुके समान है और सबकी सब कामनायें पूर्ण करती है ॥४४॥ यह पृथिवी समुद्रपर्यन्त फैली हुई है। किसी समय यह मधु-कैटभके मेद (मज्जा) से परिव्याप्त हो गयी थी। इसी कारण ब्रह्मवादी मुनि इसे 'मेदिनी' कहने लगे ॥ ४५ ॥ जब महाराज पृथुने इसे अपनी कन्या मान ली, तब यह 'पृथ्वी' कहलाने लगी। राजा पृथुने इसका यथाविधि विभाजन करके सम्हाला, तबसे इसपर अन्न उत्पन्न होने लगा और तभी इसपर विविध खानों, राजधानियों और नगरोंका निर्माण हुआ। महाराज पृथु इतने बड़े प्रभावशाली थे ॥४६॥४७॥ हे राजन्! महाराज पृथु सबके नमस्कारयोग्य और सबके पूज्य थे। वेद-वेदाङ्गपारदर्शी ब्राह्मण उन्हें सनातन ब्रह्मयोनि, राज्यके इच्छुक राजाओंके आदि राजा और विजयेच्छुक पराक्रमी राजाओंके पूज्य मानते थे ॥४८–५०॥ जो योद्धा तथा राजा महाराज पृथुका नाम लेकर विजययात्राके लिए चलता है, वह बड़े-बड़े युद्धोंमें विजयकीर्ति प्राप्त करता है ॥ ५१ ॥ वणिग्वृत्ति

दोग्ध्री सर्वसस्यप्ररोहिणी ॥ ४४ ॥ आसीदियं समुद्रान्ता मेदिनीति परिश्रुता ॥ मधुकैटभयोः कृत्स्ना मेदसाऽभिपरिप्लुता ॥ तेनेयं मेदिनी देवी प्रोच्यते ब्रह्मवादिभिः ॥ ४५ ॥ ततोऽभ्युपगमाद्राज्ञः पृथोर्वैन्यस्य भारत ॥ दुहितृत्वमनुप्राप्ता देवी पृथ्वीति चोच्यते ॥ पृथुना प्रविभक्ता च शोधिता च वसुन्धरा ॥ ४६ ॥ सस्याकरवती स्फीता पुरपत्तनमालिनी ॥ एवंप्रभावो वैन्यः स राजाऽऽसीद्राजसत्तमः ॥ ४७ ॥ नमस्यश्चैव पूज्यश्च भूतग्रामैर्न संशयः ॥ ब्राह्मणैश्च महाभागैर्वेदवेदाङ्गपारगैः ॥ ४८ ॥ पृथुरेव नमस्कार्यो ब्रह्मयोनिः सनातनः ॥ पार्थिवैश्च महाभागैः पार्थिवत्वमभीप्सुभिः ॥ ४९ ॥ आदिराजो नमस्कार्यः पृथुर्वैन्यः प्रतापवान् ॥ योधैरपि च विक्रान्तैः प्राप्तुकामैर्जयं युधि ॥ पृथुरेव नमस्कार्यो योधानां प्रथमो नृपः ॥ ५० ॥ यो हि योद्धा रणं याति कीर्तयित्वा पृथुं नृपम् ॥ स घोररूपान्संग्रामान्क्षेमी तरति कीर्तिमान् ॥ ५१ ॥ वैश्यैरपि च वित्ताढ्यैः पण्यवृत्तिविधायिभिः ॥ पृथुरेव नमस्कार्यो वृत्तिदाता महायशाः ॥ ५२ ॥ तथैव शूद्रैः शुचिभिस्त्रिवर्णपरिचारिभिः ॥ आदिराजो नमस्कार्यः श्रेयः परमभीप्सुभिः ॥ ५३ ॥ एते वत्सविशेषाश्च दोग्धारः क्षीरमेव च ॥ पात्राणि च मयोक्तानि किं भूयो वर्णयामि ते ॥ ५४ ॥ य इदं शृणुयान्नित्यं पृथोश्चरितमादितः ॥ पुत्रपौत्रसमायुक्तो मोदते सुचिरं भुवि ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

करनेवाले बड़े-बड़े धनाढ्य वैश्योंको भी चाहिए कि महाराज पृथुकी वन्दना करें। क्योंकि उस महायशस्वी पुरुषने ही सबको रोजी दी थी ॥ ५२ ॥ आत्मकल्याण चाहनेवाले तथा तीनों वर्णोंके सेवक शूद्र भी इन आदिराजाको ही नमस्कार करें ॥ ५३ ॥ हे राजन् जनमेजय! इस प्रकार मैंने आपको वत्स, दोग्धा, दोहनपात्र तथा दुग्धविशेषके दोहनका सब वृत्तान्त कह सुनाया। अब और क्या कहूँ? सो बताइए ॥ ५४ ॥ जो मनुष्य आद्योपान्त इस पृथुचरित्रको नित्य सुनता है, वह संसारमें पुत्र-पौत्रसम्पन्न होकर चिरकाल तक सुख भोगता है ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राजा जनमेजय बोले—हे तपोधन! अब सब मनुओं, प्रत्येक मन्वन्तरका कालपरिमाण तथा प्राचीन मनुओंका सृष्टिक्रम जाननेकी मेरी प्रबल कामना है। अतएव आप विस्तृतरूपसे इनका वर्णन करिये ॥ १ ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन्! सौ वर्षोंमें भी मैं सब मन्वन्तरोंका वर्णन न कर सकूँगा। अतएव संक्षेपमें वह वृत्तान्त बता रहा हूँ—सुनिए ॥ ३ ॥ स्वायम्भुव, स्वारोचिष, औत्तमि, तामस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सावर्णि, भौत्य, रौच्य, ब्रह्मसावर्णि, रुद्रसावर्णि, मेरुसावर्णि एवं दक्षसावर्णि ये चतुर्दश मनु हैं। इनमें छ मनु अपना कार्यकाल समाप्त कर चुके। अब वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है। शेष सातका कार्यकाल अभी बाकी है। अब इन मनुओंके पुत्रों, तत्कालीन ऋषियों तथा देवताओंको बतला रहा हूँ ॥ ४–७ ॥ स्वायम्भुव मन्वन्तरमें मरीचि, अत्रि, भगवान् अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वसिष्ठ ये सातों ब्रह्मपुत्र तत्कालीन ऋषि होते हैं ॥ ८ ॥ हे राजन्! उत्तर दिशामें जो सप्तर्षि विराजमान

जनमेजय उवाच ॥ मन्वन्तराणि सर्वाणि विस्तरेण तपोधन ॥ तेषां पूर्वविसृष्टिं च वैशम्पायन कीर्तय ॥ १ ॥ यावन्तो मनवश्चैव यावन्तं कालमेव च ॥ मन्वन्तरमहं ब्रह्मञ्छ्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ न शक्यो विस्तरस्तात वक्तुं वर्षशतैरपि ॥ मन्वन्तराणां कौरव्य संक्षेपं त्वेव मे शृणु ॥ ३ ॥ स्वायम्भुवो मनुस्तात मनुः स्वारोचिषस्तथा ॥ औत्तमस्तामसश्चैव रैवतश्चाक्षुषस्तथा ॥ ४ ॥ वैवस्वतश्च कौरव्य साम्प्रतो मनुरुच्यते ॥ सावर्णिश्च मनुस्तात भौत्यो रौच्यस्तथैव च ॥५॥ तथैव मेरुसावर्णाश्चत्वारो मनवः स्मृताः ॥ अतीता वर्तमानाश्च तथैवानागताश्च ये ॥ ६ ॥ कीर्तिता मनवस्तात मयैते तु यथाश्रुतम् ॥ ऋषींस्तेषां प्रवक्ष्यामि पुत्रान्देवगणांस्तथा ॥ ७ ॥ मरीचिरत्रिर्भगवानङ्गिराः पुलहः क्रतुः ॥ पुलस्त्यश्च वसिष्ठश्च सप्तैते ब्रह्मणः सुताः ॥ ८ ॥ उत्तरस्यां दिशि तथा राजन्सप्तर्षयोऽपरे ॥ यामा नाम तथा देवा आसन्स्वायम्भुवेऽन्तरे ॥ ९ ॥ आग्नीध्रश्चाग्निबाहुश्च मेधा मेधातिथिर्वसुः ॥ ज्योतिष्मान्द्युतिमान्हव्यः सवनः पुत्र एव च ॥ १० ॥ मनोः स्वायम्भुवस्यैते दश पुत्रा महौजसः ॥ एतत्ते प्रथमं राजन्मन्वन्तरमुदाहृतम् ॥ ११ ॥ और्वो वसिष्ठपुत्रश्च स्तम्भः काश्यप एव च ॥ प्राणो बृहस्पतिश्चैव दत्तोऽत्रिश्च्यवनस्तथा ॥ १२ ॥ एते महर्षयस्तात वायुप्रोक्ता महाव्रताः ॥ देवाश्च तुषिता नाम स्मृताः स्वारोचिषेऽन्तरे ॥ १३ ॥ हविध्रः सुकृतिर्ज्योतिरापोमूर्तिरयस्मयः ॥ प्रथितश्च नभस्यश्च नभ ऊर्जस्तथैव च ॥१४॥ स्वारोचिषस्य पुत्रास्ते मनोस्तात महात्मनः ॥ कीर्तिताः पृथिवीपाल महावीर्यपराक्रमाः ॥ १५ ॥ द्वितीयमेतत्कथितं तव मन्वन्तरं मया ॥ इदं तृतीयं वक्ष्यामि तन्निबोध नराधिप ॥ १६ ॥ वसिष्ठपुत्राः सप्तासन्वासिष्ठा इति

दिखायी देते हैं, वे इनसे भिन्न हैं। इस मन्वन्तरमें याम नामके देवता रहते हैं ॥ ९ ॥ आग्नीध्र, अग्निबाहु, मेधा, मेधातिथि, वसु, ज्योतिष्मान्, द्युतिमान्, हव्य, सवन और पुत्र ये दस स्वायम्भुव मनुके परम तेजस्वी पुत्र होते हैं। हे राजन्! इस प्रकार मैंने प्रथम मन्वन्तरका विवरण कह सुनाया ॥ १० ॥ ११ ॥ स्वारोचिष मन्वन्तरमें वसिष्ठपुत्र और्व, स्तम्भ, काश्यप, प्राण, बृहस्पति, दत्त, अत्रि और च्यवन ये ऋषि तथा तुषित नामके देवता होते हैं ॥ १२ ॥ १३ ॥ हविध्र, सुकृति, ज्योति, आप, मूर्ति, अय, स्मय, प्रथित, नभस्य, नभ और ऊर्ज ये स्वारोचिष मनुके महाबली और महात्मा पुत्र होते हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ इस प्रकार मैंने आपको द्वितीय मन्वन्तरका विवरण बताया। हे राजन्! तृतीय मन्वन्तरका हाल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बताता हूँ—उसे सुनिए ॥ १६ ॥ हे महाराज जनमेजय ! वसिष्ठके जिन सात पुत्रोंका उल्लेख हो चुका है, वे ही ब्रह्मासे उत्पन्न होकर ऊर्ज नामसे विख्यात होते हैं ॥१७॥ वे ही इस मन्वन्तरके ऋषि हैं। हे महाराज ! अब उत्तम मनुके पुत्रोंको बता रहा हूँ। ईष, ऊर्ज, तनूर्ज, मधु, माधव, शुचि, शुक्र, सह, नभस्य और नभ, ये ही उत्तम मनुके पुत्र हैं ॥१८॥१९॥ इस मन्वन्तरमें भानुगण देवता होते हैं। यह तृतीय मन्वन्तरका वृत्तान्त कहा। अब चतुर्थ तामस मन्वन्तरका हाल बताता हूँ—सुनिए ॥२०॥ इसमें काव्य, पृथु, अग्नि, जह्नु, धाता, कपिवान् और अकपिवान् ये ही सप्तर्षि होते हैं ॥२१॥ इनके अतिरिक्त पुराणोंमें इनके अनेकानेक पुत्र-पौत्र गिनाये गये हैं। इस मन्वन्तरमें सत्य देवता होते हैं ॥ २२ ॥ हे नृप ! द्युति, तपस्य, सुतपा, तपोमूल, तपोधन, तपोरति, अकल्माष, तन्वी, धन्वी और परन्तप ये दस तामस मनुके पुत्र हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ इसके बाद पंचम मन्वन्तरमें वेदबाहु, यदुध्न, मुनि वेदशिरा,

विश्रुताः ॥ हिरण्यगर्भस्य सुता ऊर्जा नाम महौजसः ॥ १७ ॥ ऋषयोऽत्र मया प्रोक्ताः कीर्त्यमानान्निबोध मे ॥ औत्तमेयान् महाराज दश पुत्रान्मनोरमान् ॥ १८ ॥ ईष ऊर्जस्तनूजश्च मधुर्माधव एव च ॥ शुचिः शुक्रः सहश्चैव नभस्यो नभ एव च ॥ १९ ॥ भानवस्तत्र देवाश्च मन्वन्तरमुदाहृतम् ॥ मन्वन्तरं चतुर्थं ते कथयिष्यामि तच्छृणु ॥ २० ॥ काव्यः पृथुस्तथैवाग्निर्जह्नुर्धाता च भारत ॥ कपीवानकपीवांश्च तत्र सप्तर्षयोऽपरे ॥ २१ ॥ पुराणे कथितास्तात पुत्राः पौत्राश्च भारत ॥ सत्या देवगणाश्चैव तामसस्यान्तरे मनोः ॥ २२ ॥ पुत्रांश्चैव प्रवक्ष्यामि तामसस्य मनोर्नृप ॥ द्युतिस्तपस्यः सुतपास्तपोमूलस्तपोधनः ॥ २३ ॥ तपोरतिरकल्माषस्तन्वी धन्वी परन्तपः ॥ तामसस्य मनोरेते दश पुत्रा महाबलाः ॥ २४ ॥ वायुप्रोक्ता महाराज पञ्चमं तदनन्तरम् ॥ वेदबाहुर्यदुध्नश्च मुनिर्वेदशिरास्तथा ॥ २५ ॥ हिरण्यरोमा पर्जन्य ऊर्ध्वबाहुश्च सोमजः ॥ सत्यनेत्रस्तथाऽऽत्रेय एते सप्तर्षयोऽपरे ॥ २६ ॥ देवाश्च भूतरजसस्तथा प्रकृतयोऽपरे ॥ पारिप्लवश्च रैभ्यश्च मनोरन्तरमुच्यते ॥ २७ ॥ अथ पुत्रानिमांस्तस्य निबोध गदतो मम ॥ धृतिमानव्ययो युक्तस्तत्त्वदर्शी निरुत्सुकः ॥ २८ ॥ अरण्यश्च प्रकाशश्च निर्मोहः सत्यवाक् कृती ॥ रैवतस्य मनोः पुत्राः पञ्चमं चैतदन्तरम् ॥ २९ ॥ षष्ठं ते संप्रवक्ष्यामि तन्निबोध नराधिप ॥ भृगुर्नभो विवस्वांश्च सुधामा विरजास्तथा ॥ ३० ॥ अतिनामा सहिष्णुश्च सप्तैते वै महर्षयः ॥ चाक्षुषस्यान्तरे तात मनोर्देवानिमाञ्छृणु ॥ ३१ ॥ आद्याः प्रभूता ऋभवः पृथग्भावा दिवौकसः ॥

हिरण्यरोमा, पर्जन्य, सोमपुत्र ऊर्ध्वबाहु और अत्रिपुत्र सत्यनेत्र ये ही सप्तर्षि होते हैं ॥ २५ ॥ २६ ॥ इस मन्वन्तरके सभी देवता रजोगुणसम्पन्न होते हैं और इनका प्रकृतिवर्ग भी रजोगुणी ही होता है। पारिप्लव और रैभ्य इस मन्वन्तरके देवता होते हैं ॥२७॥ धृतिमान्, अव्यय, युक्त, तत्त्वदर्शी, निरुत्सुक, अरण्य, प्रकाश, निर्मोह, सत्यवाक् और कृती ये पंचम रैवत मनुके पुत्र हैं ॥ २८ ॥ २९ ॥ अब षष्ठ मन्वन्तरका वृत्तान्त सुनाता हूँ। भृगु, नभ, विवस्वान्, सुधामा, विरजा, अतिनामा और सहिष्णु ये इस मन्वन्तरके सप्तर्षि होते हैं। अब चाक्षुष मन्वन्तरके बादवाले मन्वन्तरके देवताओंको सुनिए ॥ ३० ॥ ३१ ॥ आद्य, प्रभूत, ऋषि, ऋभु और लेखा ये ही पाँचों इस मन्वन्तरके देवता होते हैं। नड्वलाके गर्भसे उत्पन्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महर्षि अङ्गिराके ऊरु आदि दसों पुत्र ही षष्ठ मनुके पुत्र माने जाते हैं। इस प्रकार षष्ठ मन्वन्तरका वृत्तान्त समाप्त हुआ ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ अब सप्तम मन्वन्तरका हाल सुनिए। अत्रि, भगवान् वसिष्ठ, महर्षि कश्यप, गौतम, भरद्वाज, विश्वामित्र और महात्मा ऋचीकके पुत्र भगवान् जमदग्नि ये ही सातों इस सप्तम मन्वन्तरके ऋषि हैं ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ साध्यगण, विश्वेदेवगण, रुद्रगण, वसुगण, मरुद्गण, आदित्यगण और दोनों अश्विनीकुमार ये देवता और इक्ष्वाकु आदि दस वैवस्वत मनुके पुत्र होते हैं ॥३६॥३७॥ हे महाराज! मैंने जिन परम प्रतापी महर्षियोंकी कथा सुनायी है, इनके पुत्र-पौत्र सब दिशाओंमें फैले हुए हैं ॥ ३८ ॥ उपर्युक्त सभी मन्वन्तरोंमें उनचास वायु, लोकव्यवस्था तथा लोकरक्षाके लिए अवस्थित रहते हैं ॥ ३९ ॥ एक मन्वन्तर समाप्त होनेपर चारों सप्तकगण अपना काम पूरा करके अक्षय ब्रह्मलोकको चले जाते हैं ॥ ४० ॥ उनके बाद अन्यान्य महापुरुष अपने-अपने तपोबलसे

नाड्वलेया महाराज दश पुत्राश्च विश्रुताः ॥ लेखाश्च नाम राजेन्द्र पंच देवगणाः स्मृताः ॥ ऋषेरङ्गिरसः पुत्रा महात्मानो महौजसः ॥ ३२ ॥ ऊरुप्रभृतयो राजन्षष्ठं मन्वन्तरं स्मृतम् ॥ ३३ ॥ अत्रिर्वसिष्ठो भगवान्कश्यपश्च महानृषिः ॥ गौतमोऽथ भरद्वाजो विश्वामित्रस्तथैव च ॥ ३४ ॥ तथैव पुत्रो भगवानृचीकस्य महात्मनः ॥ सप्तमो जगदग्निश्च ऋषयः साम्प्रतं दिवि ॥ ३५ ॥ साध्या रुद्राश्च विश्वे च मरुतो वसवस्तथा ॥ आदित्याश्चाश्विनौ चापि देवौ वैवस्वतौ स्मृतौ ॥ ३६ ॥ इक्ष्वाकुप्रमुखाश्चैव दश पुत्रा महात्मनः ॥ ३७ ॥ एतेषां कीर्तितानां तु महर्षीणां महौजसाम् ॥ राजन्पुत्राश्च पौत्राश्च दिक्षु सर्वासु भारत ॥ ३८ ॥ मन्वन्तरेषु सर्वेषु प्राग्दिशः सप्तसप्तकाः ॥ स्थिता लोकव्यवस्थार्थं लोकसंरक्षणाय च ॥ ३९ ॥ मनोर्वैवस्वतस्यैते वर्तन्ते साम्प्रतेऽन्तरे ॥ मन्वन्तरे व्यतिक्रान्ते चत्वारः सप्तका गणाः ॥ कृत्वा कर्म दिवं यान्ति ब्रह्मलोकमनामयम् ॥ ४० ॥ ततोऽन्ये तपसा युक्ताः स्थानमापूरयन्त्युत ॥ अतीता वर्तमानाश्च क्रमणेतेन भारत ॥ ४१ ॥ एतान्युक्तानि कौरव्य सप्तातीतानि भारत ॥ मन्वन्तराणि षट् चापि निबोधानागतानि मे ॥ ४२ ॥ सावर्णा मनवस्तात पंच तांश्च निबोध मे ॥ एको वैवस्वतस्तेषां चत्वारस्तु प्रजापतेः ॥ ४३ ॥ परमेष्ठिसुतास्तात मेरुसावर्णतां गताः ॥ दक्षस्यैते हि दौहित्राः प्रियायास्तनया नृप ॥ महान्तस्तपसा युक्ता मेरुपृष्ठे महौजसः ॥ ४४ ॥ रुचेः प्रजापतेः पुत्रो रौच्यो नाम मनुः स्मृतः ॥ भूत्यां चोत्पादितो देव्यां भौत्यो नाम रुचेः सुतः ॥ ४५ ॥ अनाग-

उनके रिक्त स्थानोंकी पूर्ति कर दिया करते हैं। हे महाराज! इस प्रकार सभी मन्वन्तर आते-जाते रहते हैं ॥ ४१ ॥ इस प्रकार मैंने सात मन्वन्तरोंकी कथा सुनायी। अब अन्य शेष मन्वन्तरोंका वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ४२ ॥ सावर्णि मनु पाँच हैं। इन पाँचों सावर्णियोंमें प्रथम सावर्णि सूर्यपुत्र माने जाते हैं और उनका वैवस्वत सावर्णि नाम पड़ता है। बाकी चार सावर्णि लोकपितामह ब्रह्माके पुत्र हैं। उन्होंने सुमेरु पर्वतपर तप किया था। इस कारण वे मेरुसावर्णिके नामसे विख्यात हुए। वे दक्षपुत्री प्रियाके पुत्र और दक्षप्रजापतिके दौहित्र थे। वे बड़े तपस्वी और बड़े तेजस्वी थे ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ रुचि प्रजापतिके पुत्र रौच्य और भूति प्रजापतिके पुत्र भौत्य ये दोनों मनु हुए। इनमेंसे बाकी मनुओंने भूतिके गर्भसे जन्म लिया था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसी कारण वे भौत्य कहलाये ॥ ४५ ॥ अब आगामी अष्टम सावर्णिमें होनेवाले ऋषियोंके विषयमें कह रहा हूँ—सुनिए ॥ ४६ ॥ राम, व्यास, अत्रितनय दीप्तिमान्, भारद्वाज, द्रोणपुत्र अतिशय तेजस्वी अश्वत्थामा, गौतमतनय शरद्वान्, कुशिककुलोत्पन्न गालव, कश्यपवंशमें उत्पन्न रुरु, ये ब्रह्मसदृश तेजस्वी ऋषि भौत्य उस मन्वन्तरके सप्तर्षि माने जायँगे ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ ये सभी कुलीनता, तपस्या, मंत्र तथा व्याकरणसे सम्पन्न होंगे और ये पवित्र महर्षि सदा ब्रह्मलोकमें निवास करेंगे। ये अपने तपोबलसे भूत-भविष्य और वर्तमानकालका सब हाल जान लेंगे और असाधारण विचारक होंगे। ये सब धर्मके तत्त्वदर्शी तथा गोत्रसंस्थापक होंगे। सत्य आदि युगोंमें ये महर्षि बारम्बार वर्ण-आश्रमका विभाजन करेंगे। धीरे-धीरे जब धर्मबलका ह्रास

ताश्च सप्तैते स्मृता दिवि महर्षयः ॥ मनोरन्तरमासाद्य सावर्णस्य ह ताञ्छृणु ॥ ४६ ॥ रामो व्यासस्तथात्रेयो दीप्तिमानिति विश्रुतः ॥ भारद्वाजस्तथा द्रौणिरश्वत्थामा महाद्युतिः ॥ ४७ ॥ गौतमस्यात्मजश्चैव शरद्वान्नाम गौतमः ॥ कौशिको गालवश्चैव रुरुः काश्यप एव च ॥ ४८ ॥ एते सप्त महात्मानो भविष्या मुनिसत्तमाः ॥ ब्रह्मणः सदृशाश्चैते धन्याः सप्तर्षयः स्मृताः ॥ ४९ ॥ आभिजात्याऽथ तपसा मंत्रव्याकरणास्तथा ॥ ब्रह्मलोकप्रतिष्ठास्तु स्मृताः सप्तर्षयोऽमलाः ॥ ५० ॥ भूतभव्यभवज्ज्ञानं बुद्ध्वा चैव तु ये स्वयम् ॥ तपसा वै प्रसिद्धा ये संगताः प्रविचिन्तकाः ॥ ५१ ॥ मंत्रव्याकरणाद्यैश्च ऐश्वर्यात्सर्वशश्च ये ॥ एतान्भार्यान्वितान् ज्ञात्वा नैष्ठिकाँश्चैव नाम च ॥ ५२ ॥ सप्त ते सप्तभिश्चैव गुणैः सप्तर्षयः स्मृताः ॥ दीर्घायुषो मंत्रकृत ईश्वरा दीर्घचक्षुषः ॥५३॥ बुद्ध्या प्रत्यक्षधर्माणो गोत्रप्रावर्त्तकास्तथा ॥ कृतादिषु युगाख्येषु सर्वेष्वेव पुनः पुनः ॥५४॥ प्रवर्त्तयन्ति ते वर्णानाश्रमांश्चैव सर्वशः ॥ सप्तर्षयो महाभागाः सत्यधर्मपरायणाः ॥ ५५ ॥ तेषां चैवान्वयोत्पन्ना जायंते ह पुनः पुनः ॥ मंत्रब्राह्मणकर्तारो धर्मे प्रशिथिले तथा ॥ ५६ ॥ यस्माच्च वरदाः सप्त परेभ्य एव याचिताः ॥ तस्मान्न कालो न वयः प्रमाणमृषिभावने ॥ ५७ ॥ एष सप्तर्षिकोद्देशो व्याख्यातस्ते मया नृप ॥ सावर्णस्य मनोः पुत्रान्भविष्याञ्छृणु सत्तम ॥ ५८ ॥ वरीयांश्चावरीयांश्च संयतो धृतिमान्वसुः ॥ चरिष्णुरप्यधृष्णुश्च वाजः सुमतिरेव च ॥ सावर्णस्य मनोः पुत्रा भविष्या दश भारत ॥ ५९ ॥ प्रथमे मेरुसावर्णे प्रवक्ष्यामि मुनीञ्छृणु ॥ मेधातिथिस्तु पौलस्त्यो वसुः काश्यप एव च ॥ ६० ॥ ज्योतिष्मान्भार्गवश्चैव द्युतिमानङ्गिरास्तथा ॥ सवनश्चैव वासिष्ठ आत्रेयो हव्यवाहनः ॥ ६१ ॥ पौलहः

होगा, तब इन्हींके कुलमें मंत्र तथा वेदके प्रचारक महात्मा जन्म लेंगे ॥४९–५६॥ ये लोग प्रार्थनानुसार वरदान देनेकी क्षमता प्राप्त कर लेंगे तो ऋषित्वलाभके विषयमें इनके लिए काल और अवस्थाकी अपेक्षा नहीं रहेगी ॥ ५७ ॥ हे राजन्! इस प्रकार मैंने इस मन्वन्तरके ऋषियोंका वर्णन किया। अब सावर्णि मनुके भावी पुत्रोंका वृत्तांत सुनिए ॥ ५८ ॥ वरीयान्, अवरीयान्, सम्मत, धृतिमान्, वसु, चरिष्णु, अधृष्णु, आर्य, वाज और सुमति, ये ही दसों सावर्णि मनुके भावी पुत्र होंगे ॥५९॥ अब प्रथम सावर्णि मन्वन्तरके मुनियोंको सुनिए–पुलस्त्यतनय मेधातिथि, कश्यपपुत्र वसु, भृगुपुत्र ज्योतिष्मान्, तेजस्वी अङ्गिरा, वसिष्ठपुत्र सवन, अत्रिसुवन हव्यवाहन और पुलहपुत्र पौलह ये ही इस मेरुसावर्णि मन्वन्तरके सप्तर्षि होंगे। इस मन्वन्तरमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धृष्टकेतु, पञ्चहोत्र, निराकृति, पृथु, श्रवा, भूरिधामा, ऋचीक, अहत और गय, ये प्रथम तीन ही देवता होंगे ॥ ६०–६२ ॥ वे तीनों दक्षप्रजापतिके पुत्र रोहितकी सन्ताने होंगी। धृष्टकेतु, पञ्चहोत्र, निराकृति, पृथु, श्रवा, भूरिधामा, ऋचीक, अष्टहत और गय, ये प्रथम सावर्णिके नौ महातेजस्वी पुत्र होंगे ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ दशम मन्वन्तरमें पुलहपुत्र हविष्मान्, भृगुपुत्र सुकृति, अत्रिपुत्र अयोमूर्ति, वसिष्ठतनय अष्टम पुलस्त्यपुत्र प्रमति, कश्यपपुत्र नभोग और अङ्गिरापुत्र सत्य ये सप्तर्षि होंगे ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ इस मन्वन्तरमें दक्षिण तथा उत्तरपथाभिमानी दो देवता होंगे। ये मन्त्रप्रतिपाद्य देवता माने जायँगे। सुत, उत्तमौजा, निकुषंज, वीर्यवान्, शतानीक, निरमित्र, वृषसेन, जयद्रथ, भूरिद्युम्न और सुवर्चा ये ही दस दक्षसावर्णिके पुत्र होंगे ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ अब एकादश मन्वन्तरमें तृतीय सावर्णिके समय होनेवाले

सप्त इत्येते मुनयो रोहितेऽन्तरे ॥ देवतानां गणास्तत्र त्रय एव नराधिप ॥६२॥ दक्षपुत्रस्य पुत्रास्ते रोहितस्य प्रजापतेः ॥ मनोः पुत्रो धृष्टकेतुः पञ्चहोत्रो निराकृतिः ॥ ६३ ॥ पृथुः श्रवा भूरिधामा ऋचीकोऽष्टहतो गयः ॥ प्रथमस्य तु सावर्णेर्नव पुत्रा महौजसः ॥ ६४ ॥ दशमे त्वथ पर्याये द्वितीयास्यांतरे मनोः ॥ हविष्मान्पौलहश्चैव सुकृतिश्चैव भार्गवः ॥ अयोमूर्तिस्तथाऽत्रेयो वसिष्ठश्चाष्टमः स्मृतः ॥ ६५ ॥ पौलस्त्यः प्रमितिश्चैव नभगश्चैव काश्यपः ॥ अंगिरा नभसः सत्यः सप्तैते परमर्षयः ॥६६॥ देवतानां गणौ द्वौ तौ ऋषिमंत्राश्च ये स्मृताः ॥ मनोः सुतोत्तमौजाश्च निकुषंजश्च वीर्यवान् ॥ ६७ ॥ शतानीको निरामित्रो वृषसेनो जयद्रथः ॥ भूरिद्युम्नः सुवर्चाश्च दश त्वेते मनोः सुताः ॥ ६८ ॥ एकादशेऽथ पर्याये तृतीयस्यान्तरे मनोः ॥ तस्य सप्त ऋषींश्चापि कीर्त्यमानान्निबोध मे ॥ ६९ ॥ हविष्मान्काश्यपश्चापि हविष्मान्यश्च भार्गवः ॥ तरुणश्च तथाऽऽत्रेयो वासिष्ठस्त्वनघस्तथा ॥७०॥ अंगिराश्चोदधिष्ण्यश्च पौलस्त्यो निश्चरस्तथा ॥ पुलहश्चाग्नितेजाश्च भाव्याः सप्त महर्षयः ॥७१॥ ब्रह्मणस्तु सुता देवा गणास्तेषां त्रयः स्मृताः ॥ संवर्त्तकः सुशर्मा च देवानीकः पुरूद्वहः ॥७२॥ क्षेमधन्वा दृढायुश्च आदर्शः पण्डको मनुः ॥ सावर्णस्य तु पुत्रा वै तृतीयस्य नव स्मृताः ॥७३॥ चतुर्थस्य तु सावर्णेर्ऋषीन्सप्त निबोध मे ॥ द्युतिर्वसिष्ठपुत्रश्च आत्रेयः सुतपास्तथा ॥ ७४ ॥ अंगिरास्तपसो मूर्तिस्तपस्वी काश्यपस्तथा ॥ तपोशनश्च पौलस्त्यः पौलहश्च तपो रविः ॥ ७५ ॥ भार्गवः सप्तमस्तेषां विक्षेपस्तु तपो धृतिः ॥ पञ्च देवगणाः प्रोक्ता मानसा ब्रह्मणश्च ते ॥ ७६ ॥ देववायुरदूरश्च देवश्रेष्ठो विदूरथः ॥ मित्रवान्मित्रदेवश्च मित्रसेनश्च मित्रकृत् ॥ मित्रबाहुः सुवर्चाश्च द्वादशस्य मनोः सुताः

ऋषियोंके नाम बता रहा हूँ—सुनिए ॥ ६९ ॥ कश्यपपुत्र हविष्मान्, भृगुपुत्र हविष्मान्, अत्रिपुत्र तरुण, वसिष्ठपुत्र अनघ, अंगिराके पुत्र चारुधिष्ण्य, पुलस्त्यतनय निश्चर और पुलहपुत्र अग्नितेजा ये ही सप्तर्षि होंगे ॥ ७० ॥ ७१ ॥ इस मन्वन्तरमें ब्रह्माके पुत्र तीन सम्प्रदायोंमें विभक्त होकर देवता होंगे। संवर्तक, सुशर्मा, देवानीक, पुरूद्वह, क्षेमधन्वा, दृढायु, आदर्श, पण्डक और मनु ये ही नौ इस तृतीय रुद्रसावर्णिके पुत्र होंगे ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ अब चतुर्थ सावर्णिके सप्तर्षियोंको सुनिए। वसिष्ठपुत्र द्युति, अत्रिपुत्र सुतपा, मूर्तिमान् तपःस्वरूप अंगिरा, कश्यपतनय तपस्वी, पुलस्त्यपुत्र तपोशन, पुलहपुत्र तपोरवि तथा भृगुपुत्र विक्षेप ये ही सप्तर्षि होंगे। इस मन्वन्तरमें पाँच विभागोंमें विभक्त ब्रह्माके मानस पुत्र देवता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होंगे ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ देवबाहु, अदूर, देवश्रेष्ठ, विदूरथ, मित्रवान्, मित्रदेव, मित्रसेन, मित्रकृत्, मित्रबाहु और सुवर्चा ये बारहवें ब्रह्मसावर्णिके पुत्र होंगे ॥ ७७ ॥ त्रयोदश (रौच्य) मन्वन्तरमें अंगिरापुत्र धृतिमान्, पुलस्त्यपुत्र हव्यप, पुलहपुत्र तत्त्वदर्शी, भृगुपुत्र निरुत्सुक, अत्रिपुत्र निष्प्रकम्प, कश्यपपुत्र निर्मोह और वसिष्ठतनय सुतपा ये सप्तर्षि होंगे। इस मन्वन्तरमें भी ब्रह्माके तीन पुत्र ही देवगण होंगे ॥ ७८–८० ॥ अब तेरहवें मनुके पुत्रोंको सुनिए—चित्रसेन, विचित्र, नय, धर्मभृत, धृत, सुनेत्र, क्षत्रवृद्धि, सुतपा, निर्भय और दृढ़ ये ही रौच्य मनुके पुत्र होंगे ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ अब चौदहवें भौत्य मन्वन्तरमें होनेवाले सप्तर्षियोंको सुनिए—कश्यपपुत्र अग्नीध्र, पुलस्त्यतनय भार्गव, भृगुपुत्र अतिबाहु, अंगिरापुत्र शुचि, अत्रिपुत्र युक्त, वसिष्ठपुत्र शुक्र, पुलहपुत्र अजित ये ही इस मन्वन्तरके सप्तर्षि होंगे ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ नित्य प्रातःकाल इन मनुओं, सप्तर्षियों तथा मनुपुत्रोंका नाम संकीर्तन

॥ ७७ ॥ त्रयोदशेऽथ पर्याये भाव्ये मन्वन्तरे मनोः ॥ अंगिराश्चैव धृतिमान्पौलस्त्यो हव्यपस्तु यः ॥ ७८ ॥ पौलहस्तत्त्वदर्शी च भार्गवश्च निरुत्सुकः ॥ निष्प्रकम्पस्तथाऽऽत्रेयो निर्मोहः कश्यपस्तथा ॥ ७९ ॥ सुतपाश्चैव वासिष्ठः सप्तैते तु महर्षयः ॥ त्रय एव गणाः प्रोक्ता देवतानां स्वयंभुवा ॥८०॥ त्रयोदशस्य मनो पुत्रास्ते विज्ञेयास्तु रुचेः सुता ॥ चित्रसेनो विचित्रश्च नयो धर्मभृतो धृतः ॥ ८१ ॥ सुनेत्रः क्षत्रवृद्धिश्च सुतपा निर्भयो दृढः ॥ रौच्यस्यैते मनोः पुत्रा अंतरे तु त्रयोदशे ॥ ८२ ॥ चतुर्दशेऽथ पर्याये भौत्यस्यैवान्तरे मनोः ॥ भार्गवो ह्यतिबाहुश्च शुचिरांगिरसस्तथा ॥ ८३ ॥ युक्तश्चैव तथाऽऽत्रेयो शुक्रो वासिष्ठ एव च ॥ अजितः पौलहश्चैव अन्त्याः सप्तर्षयश्च ते ॥ ८४ ॥ एतेषां कल्यमुत्थाय कीर्तनात्सुखमेधते ॥ यशश्चाप्नोति सुमहदायुश्चैव भवेत्तथा ॥ ८५ ॥ अतीतानागतानां वै महर्षीणां सदा नरः ॥ देवतानां गणाः प्रोक्ताः पञ्च वै भरतर्षभ ॥ ८६ ॥ तरङ्गभीरुर्वप्रश्च तरस्वानुग्र एव च ॥ अभिमानी प्रवीणश्च जिष्णुः संक्रन्दनस्तथा ॥ ८७ ॥ तेजस्वी सबलश्चैव भौत्यस्यैते मनोः सुताः भौत्यस्यैवाधिकारे तु पूर्णे कल्पस्तु पूर्यते ॥ ८८ ॥ इत्येते नामतोऽतीता मनवः कीर्तिता मया ॥ तैरियं पृथिवी तात समुद्रान्ता सपत्तना ॥ ८९ ॥ पूर्णं युगसहस्रं तु परिपाल्या नराधिप ॥ प्रजाभिश्चैव तपसा संहारस्तेषु नित्यशः ॥ ९० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि मन्वन्तरवर्णनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

करनेसे प्राणी सुखी होता है। ऐसा करनेसे यश और दीर्घ आयु प्राप्त होती है ॥ ८५ ॥ इस प्रकार मैंने भूतकालमें हुए तथा भविष्यमें होनेवाले महर्षियों तथा पाँच देवगणोंका वृत्तान्त बताया ॥ ८६ ॥ तरङ्ग, भीरु, वप्र, तरस्वान्, उग्र, अभिमानी, प्रवीण, जिष्णु, संक्रन्दन, तेजस्वी और सबल ये भौत्य मनुके पुत्र होंगे। भौत्य मनुका कार्यकाल समाप्त होते ही एक कल्प पूरा हो जाता है ॥ ८७ ॥ ८८ ॥ हे महाराज जनमेजय! इस प्रकार मैंने नामनिर्देशपूर्वक चौदहों मनुओंका वृत्तान्त कह सुनाया। ये तपस्या तथा प्रजासृष्टिके द्वारा ग्राम-नगरपरिवेष्टित ससागरा पृथिवीका पालन करते हैं और इन्हींकी उपस्थितिमें लोकसंहार भी होता है ॥ ८९ ॥ ९० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(मन्वन्तरका वर्णन) राजा जनमेजय बोले—हे द्विज ! अब आप मन्वन्तर, युगसंख्या और ब्रह्माके दिनका परिमाण बताइए ॥ १ ॥ वैशम्पायनने कहा—हे महाराज ! सूर्य हमारे
दिन-रातका विभाजन करते हैं । इन दिनों तथा रात्रियोंके गणनाक्रममें मैं मन्वन्तरादिकी संख्याका निरूपण करूँगा ॥ २ ॥ पन्द्रह निमेषों (पलकों) की एक काष्ठा होती है । तीस
काष्ठाओंकी एक कला होती है । तीस कलाओंका एक मुहूर्त और तीस मुहूर्तका एक अहोरात्र होता है । इस प्रकार चन्द्रमा और सूर्यकी गतिके अनुसार अहोरात्रकी गणना होती
है ॥ ३ ॥ ४ ॥ पन्द्रह अहोरात्रका एक पक्ष, दो पक्षका एक मास और दो मासकी एक ऋतु होती है ॥ ५ ॥ तीन ऋतुओंका दक्षिणायन तथा तीन ही ऋतुका उत्तरायण होता है ।
दो अयनका एक वर्ष होता है ॥ ६ ॥ कालके तत्त्वको जाननेवाले विद्वान् दो पक्ष (एक मास) का एक पितृदिवस मानते हैं ॥ ७ ॥ कृष्णपक्ष पितरोंका दिन और शुक्लपक्ष रात्रि माना

जनमेजय उवाच ॥ मन्वन्तरस्य संख्यानं युगानां च महामते ॥ ब्रह्मणोऽह्नः प्रमाणं च वक्तुमर्हसि मे द्विज ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥
अहोरात्रं भजेत्सूर्यो मानवं लौकिकं परम् ॥ तामुपादाय गणनां शृणु संख्यामरिन्दम ॥ २ ॥ निमेषैः पञ्चदशभिः काष्ठा त्रिंशत्तु ताः कला ॥
त्रिंशत्कलो मुहूर्त्तस्तु त्रिंशता तैर्मनीषिणः ॥ ३ ॥ अहोरात्रमिति प्राहुश्चन्द्रसूर्यगतिं नृप ॥ विशेषेण तु सर्वेषु अहोरात्रे च नित्यशः ॥ ४ ॥
अहोरात्राः पञ्चदश पक्ष इत्यभिशब्दितः ॥ द्वौ पक्षौ तु स्मृतो मासो मासौ द्वावृतुरुच्यते ॥ ५ ॥ अब्दं द्व्ययनमुक्तं तु अयनं त्वृतुभिस्त्रिभिः ॥
दक्षिणं चोत्तरं चैव संख्यातत्त्वविशारदैः ॥ ६ ॥ मानेनानेन यो मासः पक्षद्वयसमन्वितः ॥ पितॄणां तदहोरात्रमिति कालविदो विदुः ॥ ७ ॥
कृष्णपक्षस्त्वहस्तेषां शुक्लपक्षस्तु शर्वरी ॥ कृष्णपक्षे त्वहः श्राद्धं पितॄणां वर्त्तते नृप ॥ ८ ॥ मानुषेण तु मानेन यो वै संवत्सरः स्मृतः ॥ देवानां
तदहोरात्रं दिवा चैवोत्तरायणः ॥ दक्षिणायनं स्मृता रात्रिः प्राज्ञैस्तत्त्वार्थकोविदैः ॥ ९ ॥ दिव्यमब्दं दशगुणमहोरात्रं मनोः स्मृतम् ॥ अहोरात्रं
दशगुणं मानवः पक्ष उच्यते ॥ १० ॥ पक्षो दशगुणो मासो मासैर्द्वादशभिर्गुणैः ॥ ऋतुर्मनूनां संप्रोक्तः प्राज्ञैस्तत्त्वार्थदर्शिभिः ॥ ऋतुत्रयेण त्वयनं
तद्द्वयेनैव वत्सरः ॥ ११ ॥ चत्वार्येव सहस्राणि वर्षाणां तु कृतं युगम् ॥ तावच्छती भवेत्सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथा नृप ॥ १२ ॥ त्रीणि वर्षस-
हस्राणि त्रेता स्यात्परिमाणतः ॥ तस्याश्च त्रिशती सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथाविधः ॥ १३ ॥ तथा वर्षसहस्रे द्वे द्वापरं परिकीर्तितम् ॥ तस्यापि

जाता है । इसी कारण कृष्णपक्षमें ही पितृश्राद्ध किया जाता है ॥ ८ ॥ हे राजन् ! मनुष्यके एक वर्षका समय देवताओंका एक अहोरात्र होता है । उत्तरायण उनका दिन और दक्षिणायन
रात्रि होता है ॥ ९ ॥ देवताओंका दस वर्ष मनुका एक अहोरात्र होता है । इस प्रकारके दस दिनमें मनुका एक पक्ष, दस पक्षका एक मास, द्वादश मासकी एक ऋतु और तीन ऋतुका एक
अयन होता है । इस प्रकारके दो अयन बीतनेपर अर्थात् देवताओंके बहत्तर हजार वर्षमें मनुका एक वर्ष होता है ॥ १० ॥ ११ ॥ हे महाराज जनमेजय ! सत्य, त्रेता, द्वापर और
कलि ये चार युग होते हैं । इनमें मनुके चार हजार वर्षमें सत्ययुग, तीन हजार वर्षमें त्रेता, दो हजारमें द्वापर तथा हजार वर्षमें कलियुगका कार्यकाल समाप्त होता है । इन चारों युगोंका
प्रातः और सायं यह दो प्रकारका कालपरिमाण है । जिसमें चार सौ वर्ष बीतने तक सत्ययुगका प्रातःकाल एवं अन्य चार सौ वर्षमें सायंकाल होता है । तीन सौ साल तक त्रेताका प्रातःकाल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा अन्य तीन सौ साल तक सायंकाल रहता है। इसी प्रकार द्वापरयुगका दो सौ साल प्रातःकाल तथा अन्य दो सौ साल तक सायंकाल रहता है। कलिका एक सौ वर्ष प्रातःकाल तथा अन्य सौ वर्ष तक सायंकाल रहता है ॥ १२–१५ ॥ सभी युगोंकी सम्मिलित संख्या मनुका बारह हजार वर्ष है। इस मानव मानके अनुसार अब युगसंख्या बतायी जा रही है—सुनिए ॥ १६ ॥ गणितज्ञ विद्वान् एकहत्तर युगका एक मन्वन्तर मानते हैं ॥ १७ ॥ इन मनुओंके भी दो अयन होते हैं। ब्रह्माका दिन मनुओंका दक्षिणायन और उनका रात्रिभाग मनुओंका उत्तरायण कहलाता है ॥१८॥ जिस अयनमें किसी मनुका लय होता है तो उतने समयके लिए दूसरा मनु उसके स्थानपर आ जाता है। अयुत (दस हजार) मन्वन्तर बीतनेपर ब्रह्माका एक वर्ष होता है। ऐसा तत्त्वदर्शियोंका कथन है ॥ १९ ॥ २० ॥ ब्रह्माका दिन ही कल्प कहलाता है। हजार युग बीतनेपर ब्रह्माकी एक रात होती है ॥ २१ ॥ ब्रह्माकी

द्विशती सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथाविधः ॥ १४ ॥ कलिर्वर्षसहस्रं च संख्यातोऽत्र मनीषिभिः ॥ तस्यापि शतिका सन्ध्या सन्ध्यांशश्चैव तद्विधः
॥ १५ ॥ एषा द्वादशसाहस्री युगसंख्या प्रकीर्तिता ॥ दिव्येनानेन मानेन युगसंख्यां निबोध मे ॥ १६ ॥ कृतं त्रेता द्वापरं च कलिश्चैव
चतुर्युगम् ॥ युगं तदेकसप्तत्या गणितं नृपसत्तम ॥ १७ ॥ मन्वन्तरमिति प्रोक्तं संख्यानार्थविशारदैः ॥ अयनं चापि तत्प्रोक्तं द्वेऽयने दक्षिणोत्तरे
॥ १८ ॥ मनुः प्रलीयते यत्र समाप्ते चायने प्रभोः ॥ ततोऽपरो मनुः कालमेतावन्तं भवत्युत ॥ १९ ॥ समतीतेषु राजेन्द्र प्रोक्तः संवत्सरः स
वै ॥ तदेव चायुतं प्रोक्तं मुनिना तत्त्वदर्शिना ॥ २० ॥ ब्रह्मणस्तदहः प्रोक्तं कल्पश्चेति स कथ्यते ॥ सहस्रयुगपर्यन्ता या निशा प्रोच्यते बुधैः
॥ २१ ॥ निमज्जत्यप्सु यत्रोर्वी सशैलवनकानना ॥ तस्मिन्युगसहस्रे तु पूर्णे भरतसत्तम ॥ २२ ॥ ब्राह्मे दिवसपर्यन्ते कल्पो निःशेष उच्यते ॥
युगानि सप्ततिस्तानि साग्राणि कथितानि ते ॥२३॥ कृतत्रेतानियुक्तानि मनोरन्तरमुच्यते ॥ चतुर्दशैते मनवः कीर्तिताः कीर्तिवर्द्धनाः ॥ २४ ॥
वेदेषु सपुराणेषु सर्वेषु प्रभविष्णवः ॥ प्रजानां पतयो राजन्धन्यमेषां च कीर्त्तनम् ॥ २५ ॥ मन्वन्तरेषु संहाराः संहारांतेषु संभवाः ॥ न शक्यमंतरं
तेषां वक्तुं वर्षशतैरपि ॥ २६ ॥ विसर्गस्य प्रजानां वै संहारस्य च भारत ॥ मन्वन्तरेषु संहारा श्रूयन्ते भरतर्षभ ॥ २७ ॥ सशेषास्तत्र तिष्ठन्ति
देवा ब्रह्मर्षिभिः सह ॥ तपसा ब्रह्मचर्येण श्रुतेन च समन्विताः ॥ २८ ॥ पूर्णे युगसहस्रे तु कल्पो निःशेष उच्यते ॥ तत्र सर्वाणि भूतानि

रात्रिके समय पर्वतों और वनोंसे पूर्ण यह पृथिवी धीरे-धीरे जलमें निमग्न हो जाती है। बादमें हजार युग पूर्ण होनेपर ब्रह्मकल्पका अन्त होता है ॥ २२ ॥ ब्रह्माका एक दिवस समाप्त होनेपर एक कल्प हो जाता है। इस प्रकार मैंने एकहत्तर युगोंका विवरण कह सुनाया ॥ २३ ॥ हे महाराज जनमेजय ! यह मैंने आपको सत्य-त्रेता आदि युगोंकी संख्या और कीर्तिवर्द्धन चतुर्दश मनुओंका वृत्तान्त बताया ॥ २४ ॥ वेदों और पुराणोंमें मनु प्रजापति कहे गये हैं। इनका गुण गानेसे लोकमें धन मिलता है ॥ २५ ॥ प्रत्येक मन्वन्तरमें एक बार प्रलय और सृष्टि होती है। इस सृष्टि और संहारके प्रवाहका निरूपण बहुत कठिन काम है। सौ वर्षोंमें भी इसका पूर्ण निरूपण नहीं हो सकता ॥ २६ ॥ मन्वन्तरका अन्त होनेपर केवल देवता और सप्तर्षि अपनी तपस्या, ब्रह्मचर्य और शास्त्रज्ञानके साथ विद्यमान रहते हैं ॥ २७ ॥ २८ ॥ किन्तु सहस्र युग पूर्ण हो जानेपर सब कुछ नष्ट हो जाता है। उस समय सभी प्राणी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सूर्यके तापसे जल जाते हैं ॥ २९ ॥ उस समय सब जीव, आदित्यगण तथा लोकपितामह ब्रह्मा सुरश्रेष्ठ भगवान नारायणके शरीरमें समा जाते हैं ॥ ३० ॥ जो प्रत्येक कल्पमें सब प्राणियोंकी सृष्टि करते हैं और जो अव्यक्त तथा नित्यस्वरूप हैं, यह समस्त संसार उनकी महिमामात्र है ॥३१॥ जब कल्पान्त होकर यह विश्व समुद्रमें लीन हो जाता है, वह भगवानकी रात्रिका समय होता है। उस समय लोकपितामह ब्रह्मा विष्णुभगवानके उदरमें निद्रित होकर हजार वर्षतक शयन करते हैं। रात्रि बीतते ही वे उठकर पुनः सृष्टिकार्यमें लग जाते हैं। तब फिर वही स्मृति, वही पुराण, वे ही देवस्थान और वे ही महापुरुषोंके चरित्र संसारमें आ उपस्थित होते हैं। इनके कार्योंमें बीच-बीचमें प्रलयकाल आकर ही बाधा डालता है। इस प्रकार वे ही सूर्य, तापदग्ध सब प्राणी, वे ही देवर्षि, यक्ष, रक्ष, गन्धर्व, पिशाच, उरग (सर्प) एवं वे ही शीत-ग्रीष्म आदि ऋतुयें फिर आ-आकर अपने-अपने स्थानपर अधिकार कर लेती

दग्धान्यादित्यतेजसा ॥ २९ ॥ ब्रह्माणमग्रतः कृत्वा सहादित्यगणैर्विभो ॥ प्रविशंति सुरश्रेष्ठं हरिं नारायणं प्रभुम् ॥ ३० ॥ यः स्रष्टा सर्वभूतानां कल्पान्तेषु पुनः पुनः ॥ अव्यक्तः शाश्वतो देवस्तस्य सर्वमिदं जगत् ॥ ३१ ॥ तत्र संवर्त्तते रात्रिः सकलैकार्णवे तदा ॥ नारायणो दधे निद्रां ब्राह्मं वर्षसहस्रकम् ॥ ३२ ॥ तावंतमिति कालस्य रात्रिरित्यभिशब्दिता ॥ निद्रायोगमनुप्राप्तो यस्यां शेते पितामहः ॥ ३३ ॥ सा च रात्रिरपक्रांता सहस्रयुगपर्यया ॥ तदा प्रबुद्धो भगवान्ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ ३४ ॥ पुनः सिसृक्षया युक्तः सर्गाय विदधे मनः ॥ सैव स्मृतिः पुराणेयं तद्वृत्तं तद्विचेष्टितम् ॥ ३५ ॥ देवस्थानानि तान्येव केवलं च विपर्ययः ॥ ततो दग्धानि भूतानि सर्वाण्यादित्यरश्मिभिः ॥ ३६ ॥ देवर्षियक्षगन्धर्वाः पिशाचोरगराक्षसाः ॥ जायंते च पुनस्तात युगे भरतसत्तम ॥ ३७ ॥ यथर्तावृतुलिंगानि नानारूपाणि पर्यये ॥ दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा ब्राह्मीषु रात्रिषु ॥३८॥ निष्क्रमित्वा प्रजाकारः प्रजापतिरसंशयम् ॥ ये च वै मानुषा देवाः सर्वे चैव महर्षयः ॥३९॥ ते संगताः शुद्धसंगाः शश्वद्धर्मविसर्गतः ॥ न भवन्ति पुनस्तात युगे भरतसत्तम ॥ ४० ॥ तत्सर्वं क्रमयोगेन कालसंख्याविभागवित् ॥ सहस्रयुगसंख्यानं कृत्वा दिवसमीश्वरः ॥ ४१ ॥ रात्रिं युगसहस्रां तां कृत्वा च भगवान्विभुः ॥ संहरत्यथ भूतानि सृजंते च पुनः पुनः ॥४२॥ व्यक्ताव्यक्तो महादेवो हरिर्नारायणः प्रभुः ॥ तस्य ते कीर्तयिष्यामि मनोर्वैवस्वतस्य ह ॥ ४३ ॥ विसर्गं भरतश्रेष्ठ साम्प्रतस्य महाद्युते ॥ वृष्णिवंशप्रसंगेन कथ्यमानं पुरातनम् ॥ ४४ ॥ यत्रोत्पन्नो महात्मा स हरिर्वृष्णिकुले प्रभुः ॥ सर्वासुरविनाशाय सर्वलोकहिताय च ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

हैं ॥ ३२–३८ ॥ प्रजासृष्टिकर्ता ब्रह्मा इस प्रकार बारम्बार भगवानके शरीरसे उत्पन्न हो होकर प्रजाकी सृष्टि करते रहते हैं। इस बीच जो-जो देवता तथा ऋषि देहाभिमान त्या[illegible] ब्रह्ममें लीन हो जाते हैं, उन्हें फिर जन्म नहीं लेना पड़ता ॥ ३९ ॥ ४० ॥ हे महाराज! वे स्थूल-सूक्ष्मस्वरूप कालतत्त्वज्ञ देवदेव नारायण इस प्रकार क्रम-क्रमसे हजार दिन तथा हजार युगकी रात्रि व्यतीत करके सृष्टि और संहारका कार्य करते हैं ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ अब मैं वैवस्वत मनुका वृत्तान्त बताऊँगा। क्योंकि इसी मन्वन्तरमें असुरोंके विनाश तथा जनसाधारणके हितसाधनार्थ भगवान कृष्णने वृष्णिवंशमें जन्म लिया था ॥ ४३–४५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायामष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वैवस्वत मनुकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन् जनमेजय ! कश्यपपत्नी दाक्षायणीसे विवस्वान् (सूर्य) उत्पन्न हुए। विश्वकर्माकी कन्या संज्ञाके साथ उनका विवाह हुआ ॥ १ ॥ संज्ञा त्रिलोकीमें सुरेणु नामसे विख्यात थी। वह क्रोधी स्वभावकी थी। इसी कारण रूप-यौवनशालिनी संज्ञा भगवान सूर्यके बहुत अधिक उष्ण शरीरसे सन्तुष्ट नहीं थी ॥ २ ॥ ३ ॥ सूर्यमण्डलके तेजसे उसका सारा शरीर झुलस गया था, जिससे उसका रूप-लावण्य नष्ट हो गया ॥ ४ ॥ पूर्वकालमें एक बार बुध भिक्षाके लिए कश्यपके आश्रमपर गये। उस समय अदिति गर्भवती थी। इसी कारण आलस्यवश वह शीघ्र भिक्षा नहीं दे सकी। इससे रुष्ट होकर बुधने उसे शाप दे दिया कि तेरा गर्भ नष्ट हो जायगा। यह सुनकर अदिति रोने लगी। उसे रोती देखकर महर्षि कश्यपने स्नेहवश कहा—प्रियतमे ! तुम्हारे गर्भका बालक मरा नहीं है, बल्कि वह अण्डमें बैठा हुआ है। कश्यपके ऐसा कहनेके

वैशम्पायन उवाच ॥ विवस्वान्कश्यपाज्जज्ञे दाक्षायण्यामरिंदम ॥ तस्य भार्याऽभवत्संज्ञा त्वाष्ट्री देवी विवस्वतः ॥ १ ॥ सुरेणुरिति विख्याता त्रिषु लोकेषु भामिनी ॥ सा वै भार्या भगवतो मार्त्तण्डस्य महात्मनः ॥ २ ॥ भर्तृरूपेण नातुष्यद्रूपयौवनशालिनी ॥ संज्ञा नाम सुतपसा दीप्तेनेह समन्विता ॥ ३ ॥ आदित्यस्य हि तद्रूपं मण्डलस्थस्य तेजसा ॥ गात्रेषु परिदग्धं वै नातिकान्तमिवाभवत् ॥ ४ ॥ न खल्वयं मृतोऽण्डस्थ इति स्नेहादभाषत ॥ अज्ञानात्कश्यपस्तस्मान्मार्त्तण्ड इति चोच्यते ॥ ५ ॥ तेजस्त्वभ्यधिकं तात नित्यमेव विवस्वतः ॥ येनातितापयामास त्रींल्लोकान्कश्यपात्मजः ॥ ६ ॥ त्रीण्यपत्यानि कौरव्य संज्ञायां तपतां वरः ॥ आदित्यो जनयामास कन्यां द्वौ च प्रजापती ॥ ७ ॥ मनुर्वैवस्वतः पूर्वः श्राद्धदेवः प्रजापतिः ॥ यमश्च यमुना चैव यमजौ सम्बभूवतुः ॥ ८ ॥ सा विवर्णं तु तद्रूपं दृष्ट्वा संज्ञा विवस्वतः ॥ असहन्ती च स्वां छायां सवर्णां निर्ममे ततः ॥ ९ ॥ मायामयी तु सा संज्ञा तस्याश्छाया समुत्थिता ॥ प्राञ्जलिः प्रणता भूत्वा छाया संज्ञा नरेश्वर ॥ १० ॥ उवाच किं मया कार्यं कथयस्व शुचिस्मिते ॥ स्थिताऽस्मि तव निर्देशे शाधि मां वरवर्णिनि ॥ ११ ॥ संज्ञोवाच ॥ अहं यास्यामि भद्रं ते स्वमेव भवनं पितुः ॥ त्वयेह भवने मह्यं वस्तव्यं निर्विकारया ॥ १२ ॥ इमौ च बालकौ मह्यं कन्या चेयं सुमध्यमा ॥ सम्भाव्यास्ते न चाख्येयमिदं भगवते

कारण सूर्यका 'मार्तण्ड' नाम पड़ गया ॥ ५ ॥ धीरे-धीरे विवस्वान् (मार्तण्ड) का तेज बढ़ा, जिससे सारी त्रिलोकी संतप्त रहने लगी ॥ ६ ॥ सूर्यके द्वारा संज्ञाके गर्भसे एक कन्या और दो पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ७ ॥ उनमें कन्याका नाम यमुना एवं दोनों पुत्रोंमेंसे एकका श्राद्धदेव और दूसरेका नाम यम पड़ा। श्राद्धदेव ही वैवस्वत मनुके नामसे विख्यात हुए। यम और यमुना यमज (जोड़आ) उत्पन्न हुए थे ॥ ८ ॥ संज्ञा सूर्यके दुःसह तेजको नहीं सह सकी। इस कारण उसने अपने ही समान रूप-लावण्यमें युक्त एक छायाकी सृष्टि की ॥ ९ ॥ वह छाया मायामयी संज्ञाके समक्ष हाथ जोड़कर खड़ी हो गयी ॥ १० ॥ वह बोली—हे शुचिस्मिते ! मैं आपकी आज्ञाकारिणी सेविका हूँ। मुझे आज्ञा दीजिए। मैं क्या करूँ ? ॥ ११ ॥ संज्ञा बोली—हे भद्रे ! मैं अपने पिताके घर जाऊँगी। सो तुम निर्विकार चित्तसे यहाँ रहती हुई मेरे दोनों बालकों और इस सुन्दरी कन्याकी रक्षा करना। किन्तु यह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बात सूर्यभगवानको कभी भी न बताना ॥ १२ ॥ १३ ॥ छायाने कहा—हे देवि ! जबतक कोई मेरा केश न पकड़ेगा और मुझे शाप न देगा, तबतक यह वृत्तान्त मैं किसीसे न कहूँगी । आप सुखसे जाइए ॥ १४ ॥ वैशम्पायन बोले—राजन् ! इस प्रकार सवर्णा (छाया) को समझाकर संज्ञा सलज्जभावसे अपने पिताके पास चली गयं ॥ १५ ॥ उसके पिता विश्वकर्माने संज्ञाको बहुत डाँटा और कहा कि तुम अभी अपने पतिके पास चली जाओ ॥१६॥ पिताके बार-बार आग्रह करनेपर संज्ञा वडवा (घोड़ी) का रूप धारण करके चल पड़ी और उत्तरकुरु देशमें घास चरती हुई घूमने लगी ॥१७॥ इधर भगवान् सूर्यने छायाको संज्ञा समझकर उससे अपने ही सदृश तेजस्वी एक पुत्र उत्पन्न किया । वह पुत्र बड़े भाई वैवस्वत मनुके समान ही आकार-प्रकारका था । इस कारण वह सावर्ण नामसे विख्यात हुआ । छायासे सूर्य द्वारा जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका शनैश्चर नाम पड़ा ॥ १८–२० ॥ अब छाया अपने ही

कश्चित् ॥ १३ ॥ छायोवाच ॥ आकचग्रहणाद्देवि आशापान्नैव कर्हिचित् ॥ आख्यास्यामि मतं तुभ्यं गच्छ देवि यथासुखम् ॥ १४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ समादिश्य सवर्णां तु तथेत्युक्ता च सा तया ॥ त्वष्टुः समीपमगमद्व्रीडितेव तपस्विनी ॥ १५ ॥ पितुः समीपगा सा तु पित्रा निर्भर्त्सिता तदा ॥ भर्तुः समीपं गच्छेति नियुक्ता च पुनः पुनः ॥ १६ ॥ अगच्छद्वडवा भूत्वाऽऽच्छाद्य रूपमनिन्दिता ॥ कुरूनथोत्तरान्गत्वा तृणान्येव चचार ह ॥ १७ ॥ द्वितीयायां तु संज्ञायां संज्ञेयमिति चिन्तयन् ॥ आदित्यो जनयामास पुत्रमात्मसमं तदा ॥ १८ ॥ पूर्वजस्य मनोस्तात सदृशोऽयमिति प्रभुः ॥ सवर्णत्वान्मनोर्भूयः सावर्ण इति चोक्तवान् ॥ १९ ॥ मनुरेवाभवन्नाम्ना सावर्ण इति चोच्यते ॥ द्वितीयो यः सुतस्तस्याः स विज्ञेयः शनैश्चरः ॥ २० ॥ संज्ञा तु पार्थिवी तात स्वस्य पुत्रस्य वै तदा ॥ चकाराभ्यधिकं स्नेहं न तथा पूर्वजेषु वै ॥ २१ ॥ मनुतस्यांक्षमत्तत्तु यमस्तस्या न चक्षमे ॥ तां सरोषाच्च बाल्याच्च भाविनोऽर्थस्य वै बलात् ॥ तदा संतर्जयामास संज्ञां वैवस्वतो यमः ॥ २२ ॥ तं शशाप ततः क्रोधात्सावर्ण जननी नृप ॥ चरणः पततामेष तवेति भृशदुःखिता ॥ २३ ॥ यमस्तु तत्पितुः सर्वं प्राञ्जलिः प्रत्यवेदयत् ॥ भृशं शापभयोद्विग्नः संज्ञावाक्यप्रतोदितः ॥ २४ ॥ शापोऽयं विनिवर्तेत प्रोवाच पितरं तदा ॥ मात्रा स्नेहेन सर्वेषु वर्तितव्यं सुतेषु वै ॥ २५ ॥ सेयमस्मानपाहाय यवीयांसं बुभूषति ॥ तस्यां मयोद्यतः पादो न तु देहे निपातितः ॥ २६ ॥ बाल्याद्वा यदि वा मोहात्तद्भवान्क्षन्तुमर्हति ॥

दोनों पुत्रोंपर अधिक स्नेह रखने लगी । संज्ञाकी सन्तानोंपर न उसका वैसा स्नेह रहा और न वह उनका वैसा सम्हाल ही रखती थी ॥२१॥ वैवस्वत मनुने तो विमाताका यह दुर्व्यवहार सह लिया, किन्तु यमको सहन नहीं हुआ । बालसुलभ चंचलता, रोष और भावी कार्यके गौरववश वे विमाता छायाको लात मारनेके लिए उद्यत हो गये और बहुत डाँटा-फटकारा भी ॥२२॥ इस व्यवहारसे दुखी होकर छायाने यमको शाप दिया कि इसी समय तुम्हारा पैर कटकर गिर जाय ॥ २३ ॥ वैवस्वत छायाकी बातोंसे बहुत व्यथित हुए और शापके भयसे व्याकुल होकर अपने पिता सूर्यदेवके पास गये और हाथ जोड़कर कहा—पिताजी ! ऐसा कुछ करिए कि जिससे यह शाप निवृत्त हो जाय । माताको तो चाहिए कि वह अपने सब पुत्रोंपर समान स्नेह रखे ॥ २४ ॥ २५ ॥ किन्तु यह हमारी उपक्षा करके छोटे पुत्रोंका बहुत अधिक आदर करती है । इसलिए मैंने अपना पैर उठाया, किन्तु मारा नहीं ॥२६॥ मैं बालक-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वभाव अथवा मोहवश यह अनर्थ कर गुजरा हूँ। इसे आप क्षमा कर दें। मेरे दुर्व्यवहारसे क्षुब्ध होकर माताने कहा—हे पुत्र! मैं तुम्हारी पूजनीया माता हूँ। किन्तु तुमने मर्यादाका उल्लंघन करते हुए मुझे मारनेके लिए पैर उठाया है। इस कारण तुम्हारा पैर अवश्य गिर जायगा। हे पिताजी! पुत्र कुपुत्र हो सकता है, किन्तु माता कुमाता नहीं हो सकती ॥ २७ ॥ २८ ॥ हे तेजस्वियोंमें श्रेष्ठ! मुझे माताने शाप दिया है; किन्तु यदि आप प्रसन्न होकर क्षमा कर दें तो मेरा पैर कटकर न गिरेगा ॥२९॥ सूर्यदेव बोले—पुत्र! अवश्य कोई बहुत बड़ा कारण होगा कि जिससे तुम्हारे जैसे धर्मात्मा और सत्यवादीको भी क्रोध आ गया ॥३०॥ जो भी हो, मैं तुम्हारी माताके शापको मेट नहीं सकता। किन्तु बहुतेरे कीड़े तुम्हारे पैरका मांस लेकर पृथिवीके भीतर समा जायँगे। ऐसा होनेसे तुम्हारी माताका वचन भी मिथ्या न होगा और तुम शापमुक्त होकर सुखी होओगे ॥ ३१ ॥ इसके बाद सूर्यने अपनी पत्नी संज्ञासे कहा—हे देवि!

यस्मात्ते पूजनीयाऽहं लंघिताऽस्मि त्वया सुत ॥ २७ ॥ तस्मात्तवैष चरणः पतिष्यति न संशयः ॥ अपत्यं दुरपत्यं स्यान्नाम्बा कुजननी भवेत् ॥ २८ ॥ शप्तोऽहमस्मि लोकेश जनन्या तपतां वर ॥ तव प्रसादाच्चरणो न पतेन्मम गोपते ॥ २९ ॥ विवस्वानुवाच ॥ असंशयं पुत्र महद्भविष्यत्यत्र कारणम् ॥ येन त्वामाविशत्क्रोधो धर्मज्ञं सत्यवादिनम् ॥ ३० ॥ न शक्यमन्यथा कर्तुं मया मातुर्वचस्तव ॥ कृमयो मांसमादाय यास्यन्ति धरणीतलम् ॥ ३१ ॥ तव पादान्महाप्राज्ञ ततस्त्वं प्राप्स्यसे सुखम् ॥ कृतमेवं वचस्तथ्यं मातुस्तव भविष्यति ॥ ३२ ॥ शापस्य परिहारेण त्वं च त्रातो भविष्यसि ॥ आदित्योऽथाब्रवीत्संज्ञां किमर्थं तनयेषु वै ॥ ३३ ॥ तुल्येष्वभ्यधिकः स्नेहः क्रियतेऽति पुनः पुनः ॥ सा तत्परिहरन्ती तु नाचचक्षे विवस्वते ॥ ३४ ॥ आत्मानं सुसमाधाय योगात्तथ्यमपश्यत ॥ तां शप्तुकामो भगवान्नाशाय कुरुनन्दन ॥ ३५ ॥ मूर्द्धजेषु च जग्राह समयेऽतिगतेऽपि च ॥ सा तत्सर्वं यथावृत्तमाचचक्षे विवस्वते ॥ ३६ ॥ विवस्वानथ तच्छ्रुत्वा क्रुद्धस्त्वष्टारमभ्यगात् ॥ त्वष्टा तु तं यथान्यायमर्चयित्वा विभावसुम् ॥ निर्दग्धुकामं रोषेण सान्त्वयामास वै तदा ॥ ३७ ॥ त्वष्टोवाच ॥ तवातितेजसाऽऽविष्टमिदं रूपं न शोभते ॥ असहन्ती च तत्संज्ञा वने चरति शाद्वले ॥ ३८ ॥ द्रष्टा हि तां भवानद्य स्वां भार्यां शुभचारिणीम् ॥ नित्यं तपस्यभिरतां वडवारूपधारिणीम्

माताको सब बच्चोंपर समान स्नेह रखना चाहिए। तब तुम छोटे बालकपर इतना अधिक स्नेह क्यों रखती हो? इसपर छायाने उस बातको टाल दिया और अपना अभिप्राय नहीं बताया ॥ ३२–३४ ॥ तब सूर्यदेवने अपने योगबलसे सब बातें जान लीं और छायाका विनाश करनेके लिए शाप देनेको उद्यत हो गये ॥ ३५ ॥ क्रोधावेशमें उन्होंने उसके केश पकड़ लिये। तब उसने 'जबतक मेरे केश न पकड़े जायँगे, तबतक मैं किसीको यह भेद न बताऊँगी' यह संज्ञाके प्रति की हुई प्रतिज्ञा पूर्ण हो जानेपर सूर्यदेवको आद्योपान्त सब वृत्तान्त बता दिया ॥ ३६ ॥ यह हाल सुना तो भगवान् भास्कर क्रुद्ध होकर विश्वकर्माके पास गये। विश्वकर्माने रोषसे भस्म करनेके लिए उद्यत सूर्यभगवानका विधिवत् पूजन किया और सान्त्वना दी ॥३७॥ उन्होंने कहा—हे देव! तुम्हारा अत्यधिक तेजस्वी रूप अच्छा नहीं लगता। इसी कारण संज्ञा वडवा (घोड़ी) का रूप धारण करके जंगलमें घास चर रही है ॥ ३८ ॥ आज आप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने योगबलसे वडवारूपधारिणी, शुभाचारिणी, तपःपरायणा, केवल पत्तोंका आहार करनेवाली, कृश, दीन, जटाधारिणी, ब्रह्मचारिणी, पूजनीया, योगबलसम्पन्ना तथा हाथीकी सूंड़से मर्दित कमलिनीके समान दुःखिनी संज्ञाको अवश्य देखिएगा ॥ ३९ ॥ ४० ॥ यदि मेरे परामर्शका अनुमोदन करें तो मैं आज ही आपको अत्यन्त सुन्दर बना दूँ ॥ ४१ ॥ पहले सूयभगवानकी आकृति कुछ टेढ़ी, ऊँची और बेडौल थी। इस कारण इस समय ससुरके कथनानुसार वे सौन्दर्य सम्पादनके लिए सहमत हो गये और उन्होंने अपना रूप सँवारनेके लिए विश्वकर्माको अनुमति दे दी ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ तदनन्तर विश्वकर्मा उनको सानपर चढ़ाकर घिसने लगे ॥ ४४ ॥ इस प्रकार घर्षण करनेसे सूर्यभगवानका उग्र तेज कम हो गया। जिससे उनका सौन्दर्य पहलेसे बहुत अधिक निखरकर मुखपर स्थित हो गया। तभीसे उनके मुखका रंग लाल हो गया। सूर्यभगवानके पहलेवाले मुखका जो तेज निकला, उससे धाता,

श्लाघ्यां योगबलोपेतां योगमास्थाय
॥ ३९ ॥ पर्णाहारां कृशां दीनां जटिलां ब्रह्मचारिणीम् ॥ हस्तिहस्तपरिक्लिष्टां व्याकुलां पद्मिनीमिव ॥ श्लाघ्यां योगबलोपेतां योगमास्थाय
गोपते ॥ ४० ॥ अनुकूलं तु ते देव यदि स्यान्मम तन्मतम् ॥ रूपं निर्वर्तयाम्यद्य तव कान्तमरिन्दम ॥ ४१ ॥ रूपं विवस्वतश्चासीत्तिर्यगूर्ध्वसमं
तु वै ॥ तेनासौ संभृतो देवरूपेण तु विभावसुः ॥ ४२ ॥ तस्मात्त्वष्टुः स वै वाक्यं बहु मेने प्रजापतिः ॥ समनुज्ञातवांश्चैव त्वष्टारं रूपसिद्धये
॥ ४३ ॥ ततोऽभ्युपगमात्त्वष्टा मार्तण्डस्य विवस्वतः ॥ भ्रमिमारोप्य तत्तेजः शातयामास भारत ॥ ४४ ॥ ततो निर्भासितं रूपं तेजसा संहतेन वै ॥
कान्तात्कान्ततरं द्रष्टुमधिकं शुशुभे तदा ॥ ४५ ॥ मुखे निर्वर्तितं रूपं तस्य देवस्य गोपतेः ॥ ततः प्रभृति देवस्य मुखमासीत्तु लोहितम् ॥
मुखरागं तु यत्पूर्वं मार्त्तण्डस्य मुखच्युतम् ॥ ४६ ॥ आदित्या द्वादशैवेह सम्भूता मुखसम्भवाः ॥ धाताऽर्यमा च मित्रश्च वरुणोंऽशो भगस्तथा
॥ ४७ ॥ इन्द्रो विवस्वान्पूषा च पर्जन्यो दशमस्तथा ॥ ततस्त्वष्टा ततो विष्णुरजघन्यो जघन्यजः ॥ ४८ ॥ हर्षं लेभे ततो देवो दृष्ट्वाऽऽदित्या-
न्स्वदेहजान् ॥ गन्धैः पुष्पैरलंकारैर्भास्वता मुकुटेन च ॥ ४९ ॥ एवं सम्पूजयामास त्वष्टा वाक्यमुवाच ह ॥ गच्छ देव निजां भार्यां कुरूंश्चरति
सोत्तरान् ॥ ५० ॥ वडवारूपमास्थाय वने चरति शाद्वले ॥ स तथा रूपमास्थाय स्वभार्यारूपलीलया ॥ ५१ ॥ ददर्श योगमास्थाय स्वां भार्यां
वडवां ततः ॥ अधृष्यां सर्वभूतानां तेजसा नियमेन च ॥ ५२ ॥ वडवावपुषा राजंश्चरन्तीमकुतोभयाम् ॥ सोऽश्वरूपेण भगवांस्तां मुखे समभा-

अर्यमा, मित्र, वरुण, अंश, भग, विवस्वान्, पूषा, पर्जन्य, जघन्य, त्वष्टा और अजघन्यविष्णु नामके द्वादश सूर्योंका प्रादुर्भाव हो गया ॥ ४५–४८ ॥ अपने शरीरसे उत्पन्न उन द्वादश आदित्योंको देखकर सूर्यदेव बहुत प्रसन्न हुए। विश्वकर्माने चंदन, फूल, अलंकार तथा चमकीला मुकुट अर्पण करके उनका सम्मान किया और सूर्यदेवसे कहा—हे सूर्यदेव! अब आप अपनी पत्नी संज्ञाके पास जाइए। इस समय वह घोड़ीका रूप धारण करके उत्तरकुरु देशके हरी-हरी घासोंवाले वनमें चर रही है। तदनुसार सूर्यदेव योगबलसे अश्वका रूप धारण करके वहाँ गये तो उन्होंने देखा कि संज्ञा अपने तप तथा योगबलसे सब जीवोंके लिए दुर्धर्ष होकर अश्विनीके रूपमें निर्भयभावसे विचर रही है ॥ ४९–५२ ॥ तब अश्वरूपधारी सूर्य उसके साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैथुन करने लगे, किन्तु उन्हें परपुरुष समझकर वह अनिच्छा प्रकट करने लगी और सूर्यदेवके वीर्यको उसने अपने दोनों नाकोंसे बाहर निकाल दिया। जिससे देववैद्य दोनों अश्विनीकुमारोंका जन्म हो गया। उन दोनोंमें एकका नाम दस्र और दूसरेका नासत्य नाम पड़ा ॥ ५३–५५ ॥ तबसे सूर्य उन दोनोंके पिता हुए और सूर्यभार्या उनकी माता हुई इसके बाद सूर्यदेव स्वाभाविक रूप धारण करके अपनी पत्नी संज्ञाके सम्मुख प्रकट हुए ॥५६॥ हे जनमेजय! अपने पतिको देखकर संज्ञा बहुत प्रसन्न हुई। उधर माताके शापसे अत्यन्त दुखी धर्मराज धर्मपूर्वक प्रजाका पालन करने लगे। इस महान् कार्यसे उन्हें पितरोंका आधिपत्य तथा लोकपालत्व प्राप्त हो गया। तपोधन मनु आज भी सुमेरु पर्वतपर कठोर तप कर रहे हैं। आगामी सावर्णि मन्वन्तरमें वे सावर्ण मनु होकर प्रजाका पालन करेंगे ॥ ५७–६० ॥ यमराजके भ्राता शनैश्चरने ग्रहत्व प्राप्त कर लिया और दोनों अश्विनीकुमार देवताओंके वैद्य हो गये

वयत् ॥ ५३ ॥ मैथुनाय विचेष्टन्ती परपुंसोपशङ्कया ॥ सा तन्निरवमच्छुक्रं नासिकाया विवस्वतः ॥ ५४ ॥ देवौ तस्यामजायेतामश्विनौ भिषजां वरौ ॥ नासत्यश्चैव दस्रश्च स्मृतौ द्वावश्विनाविति ॥ ५५ ॥ मार्त्तण्डस्यात्मजावेतावष्टमस्य प्रजापतेः ॥ तां तु रूपेण कान्तेन दर्शयामास भास्करः ॥ ५६ ॥ सा च दृष्ट्वैव भर्तारं तुतोष जनमेजय ॥ यमस्तु कर्मणा तेन भृशं पीडितमानसः ॥ ५७ ॥ धर्मेण रञ्जयामास धर्मराज इमाः प्रजाः ॥ लेभे स कर्मणा तेन परमेण महाद्युतिः ॥ ५८ ॥ पितॄणामाधिपत्यं च लोकपालत्वमेव च ॥ मनुः प्रजापतिस्त्वासीत्सावर्णः स तपोधनः ॥ ५९ ॥ भाव्यः सोऽनागते काले मनुः सावर्णिकेऽन्तरे ॥ मेरुपृष्ठे तपो घोरमद्यापि चरति प्रभुः ॥ ६० ॥ भ्राता शनैश्चरश्चास्य ग्रहत्वमुपलब्धवान् ॥ नासत्यौ यौ समाख्यातौ स्वर्वैद्यौ तौ बभूवतुः ॥ ६१ ॥ सेवतोऽपि तथा राजन्नश्वानां शान्तिदोऽभवत् ॥ त्वष्टा तु तेजसा तेन विष्णोश्चक्रमकल्पयत् ॥ ६२ ॥ तदप्रतिहतं युद्धे दानवान्तचिकीर्षया ॥ यवीयसी तयोर्या तु यमी कन्या यशस्विनी ॥ ६३ ॥ अभवत्सा सरिच्छ्रेष्ठा यमुना लोकभाविनी ॥ मनुरित्युच्यते लोके सावर्ण इति चोच्यते ॥ ६४ ॥ द्वितीयो यः सुतस्तस्य मनोर्भ्राता शनैश्चरः ॥ ग्रहत्वं स च लेभे वै सर्वलोकाभिपूजितम् ॥ ६५ ॥ य इदं जन्म देवानां शृणुयाद्वापि धारयेत् ॥ आपद्भ्यः स विमुच्येत प्राप्नुयाच्च महद्यशः ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि वैवस्वतोत्पत्तौ नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

॥ ६१ ॥ वे दोनों घोड़ोंको भी शान्ति पहुँचाते हैं। उधर विश्वकर्माने सूर्यकी शोभा बढ़ानेके लिए जो उनका तेज कम किया था, सो उनके निकाले हुए तेजसे विष्णुचक्रका निर्माण किया। उसी चक्रसे भगवान् विष्णुने अगणित दानवोंका वध किया था। यम और श्राद्धदेवकी छोटी बहिन यमी लोकप्रिय यमुना नामकी नदी हो गयी। श्राद्धदेव मनु तथा सावर्णि इन दो नामोंसे विख्यात हुए ॥ ६२–६४ ॥ श्राद्धदेवका छोटा भाई शनैश्चर नौ ग्रहोंमेंसे एक लोकपूजित ग्रह बन गया ॥ ६५ ॥ हे महाराज जनमेजय! जो मनुष्य सूर्य द्वारा उत्पन्न इन देवताओंकी जन्मगाथाको सुनता या स्मरण करता है, वह सब प्रकारकी विपत्तियोंसे छुटकारा पाकर महान् यश प्राप्त करता है ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इक्ष्वाकु, नाभाग, धृष्णु, शर्याति, नरिष्यन्त, प्रांशु, नाभागारिष्ट, करूष और पृषध्र ये नौ वैवस्वत मनुके
(ऐलकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे राजन् जनमेजय ! इक्ष्वाकु, नाभाग, धृष्णु, शर्याति, नरिष्यन्त, प्रांशु, नाभागारिष्ट, करूष और पृषध्र ये नौ वैवस्वत मनुके
पुत्र थे ॥१॥२॥ पूर्वकालमें जब कि वैवस्वत मनुके कोई पुत्र नहीं हुआ था, तब उन्होंने मित्र तथा वरुणदेवको प्रसन्न करनेके उद्देश्यसे पुत्रेष्टि यज्ञ प्रारम्भ किया। उस यज्ञमें मित्रा-
वरुणको भाग देनेके लिए मुनियोंने जब होमकी आहुति डाली तो सभी देवताओं, गन्धर्वों और मुनियोंको बड़ी प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा—अहो ! इन महाराज मनुकी तपस्या, इनका
पराक्रम और शास्त्रज्ञान अद्भुत है ॥ ३-६ ॥ ऐसा सुना जाता है कि उस यज्ञमें दिव्याम्बरधारिणी, दिव्याभरणभूषिता और दिव्य अस्त्रोंसे युक्त इला नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई।
महाराज मनुने उसका इला नाम रखते हुए उस कन्यासे उन्होंने यह धर्मयुक्त वचन कहा—पुत्री ! तुम मुझ पुत्रकामी प्रजापतिकी बातोंका अनुसरण करो ॥ ७ ॥ ८ ॥ इलाने

इक्ष्वाकुश्चैव नाभागो धृष्णुः शर्यातिरेव च ॥ १ ॥ नरिष्यंश्च
वैशम्पायन उवाच ॥ मनोर्वैवस्वतस्यासन्पुत्रा वै नव तत्समाः ॥ इक्ष्वाकुश्चैव नाभागो धृष्णुः शर्यातिरेव च ॥ १ ॥ नरिष्यंश्च
तथा प्रांशू नाभागारिष्टसप्तमाः ॥ करूषश्च पृषध्रश्च नवैते भरतर्षभ ॥ २ ॥ अकरोत्पुत्रकामस्तु मनुरिष्टिं प्रजापतिः ॥ मित्रावरुणयोस्तात
पूर्वमेव विशांपते ॥ ३ ॥ अनुत्पन्नेषु नवसु पुत्रेष्वेतेषु भारत ॥ तस्यां तु वर्तमानायामिष्टयां भरतसत्तम ॥ ४ ॥ मित्रावरुणयोरंशे
मुनिराहुतिमाजुहोत् ॥ आहुत्यां हूयमानायां देवगन्धर्वमानुषाः ॥ ५ ॥ तुष्टिं तु परमां जग्मुर्मुनयश्च तपोधनाः ॥ अहोऽस्य तपसो वीर्यम-
होऽस्य श्रुतमद्भुतम् ॥ ६ ॥ तत्र दिव्याम्बरधरा दिव्याभरणभूषिता ॥ दिव्यसंहनना चैव इला जज्ञे इति श्रुतिः ॥ ७ ॥ तामिलेत्येव होवाच
मनुर्दण्डधरस्तदा ॥ अनुगच्छस्व मां भद्रे तामिलामित्युवाच ह ॥ धर्मयुक्तमिदं वाक्यं पुत्रकामं प्रजापतिम् ॥ ८ ॥ इलोवाच ॥ मित्रावरुणयो-
रंशे जातोऽस्मि वदतांवर ॥ तयोः सकाशं यास्यामि न मां धर्मो हतोऽवधीत् ॥ ९ ॥ सैवमुक्त्वा मनुं देवं मित्रावरुणयोरिला ॥ गत्वाऽन्तिकं
वरारोहा प्राञ्जलिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ १० ॥ अंशेऽस्मि युवयोर्जाता देवौ किं करवाणि वाम् ॥ मनुना चाहमुक्ता वै अनुगच्छस्व मामिति ॥ ११ ॥
तां तथावादिनीं साध्वीमिलां धर्मपरायणाम् ॥ [illegible]श्च वरुणश्चोभावूचतुर्यन्निबोध तत् ॥ १२ ॥ अनेन तव धर्मेण प्रश्रयेण दमेन च ॥ सत्येन
चैव सुश्रोणि प्रीतौ स्वो वरवर्णिनि ॥ १३ ॥ आवयोस्त्वं महाभागे ख्यातिं कन्येति यास्यसि ॥ मनोर्वंशधरः पुत्रस्त्वमेव च भविष्यसि ॥ १४ ॥

कहा—महाराज ! मैं मित्रावरुणके अंशसे उत्पन्न हुई हूँ। इसलिए मैं उन्हींके पास जाऊँगी। ऐसा न करूँगी तो मेरा धर्म लुप्त हो जायगा और मैं नष्ट हो जाऊँगी ॥ ९ ॥ मनुसे ऐसा
कहकर इला मित्रावरुणके पास गयी और हाथ जोड़कर बोली—देव ! मैंने आप दोनोंके अंशसे जन्म पाया है। अतएव आप दोनों मुझे आज्ञा दें कि मैं क्या करूँ ? महाराज मनु कहते हैं
कि तुम मेरी आज्ञाका अनुसरण करो ॥१०॥११॥ ऐसा कहती हुई साध्वी और धर्मपरायणा इलासे मित्रावरुणने जो कहा सो सुनिए ॥ १२ ॥ वे बोले—हे वरवर्णिनि ! तुम्हारा ऐसा उदार
धर्म, सत्यनिष्ठा और दमगुण देखकर हम दोनों बहुत प्रसन्न हुए हैं ॥१३॥ हे महाभागे ! सारी त्रिलोकीमें तुम हम दोनोंकी कन्या और महाराज मनुका वंशधर पुत्र कहलाओगी ॥१४॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हारा नाम सुद्युम्न होगा। तुम संसारको प्रिय और धर्मात्मा होती हुई वैवस्वत मनुके वंशका विस्तार करोगी ॥ १५ ॥ उन दोनों देवताओंकी यह बात सुनकर इला अपने पिता मनुके पास जानेके लिए लौट रही थी, तभी रास्तेमें चन्द्रमाके पुत्र बुध मिल गये। उन्होंने उसे मैथुन करनेके लिए बुलाया ॥ १६ ॥ इस प्रकार सोमपुत्र बुधसे उसके पुरूरवा नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उसे उत्पन्न करके इलाने स्त्रीरूप त्याग दिया और पुरुषरूपमें सुद्युम्न नामसे विख्यात हुई ॥ १७ ॥ सुद्युम्नके उत्कल, गय और विनताश्व नामके तीन परम धर्मात्मा पुत्र उत्पन्न हुए ॥१८॥ आगे चलकर उत्कलको उत्तर, विनताश्वको पश्चिम तथा गयको पूर्वदिशाका आधिपत्य मिला। राजा गयकी राजधानी गया पुरी थी ॥१९॥ हे महाराज जनमेजय ! प्रजापति मनु इक्ष्वाकु आदि दस पुत्रोंको उत्पन्न करके जब सूर्यभगवानके शरीरमें प्रविष्ट हो गये, तब उनके पुत्रोंने वनों, खानों तथा यज्ञीय यूपोंसे अंकित वसुन्धराको दस भागोंमें बाँट

सुद्युम्न इति विख्यातस्त्रिषु लोकेषु शोभने ॥ जगत्प्रियो धर्मशीलो मनोर्वंशविवर्द्धनः ॥ १५ ॥ निवृत्ता सा तु तच्छ्रुत्वा गच्छन्ती पितुरंतिकम् ॥ बुधेनांतरमासाद्य मैथुनायोपमंत्रिता ॥ १६ ॥ सोमपुत्राद्बुधाद्राजंस्तस्यां जज्ञे पुरूरवाः ॥ जनयित्वा ततः सा तमिला सुद्युम्नतां गता ॥ १७ ॥ सुद्युम्नस्य तु दायादास्त्रयः परमधार्मिकाः ॥ उत्कलश्च गयश्चैव विनताश्वश्च भारत ॥ १८ ॥ उत्कलस्योत्कला राजन्विनताश्वस्य पश्चिमा ॥ दिक्पूर्वा भरतश्रेष्ठ गयस्य तु गयापुरी ॥ १९ ॥ प्रविष्टे तु मनौ तात दिवाकरमरिंदमम् ॥ दशधा तद्दधत्क्षत्रमकरोत्पृथिवीमिमाम् ॥ २० ॥ यूपाङ्किता वसुमती यस्येयं सवनाकरा ॥ इक्ष्वाकुर्ज्येष्ठदायादो मध्यदेशमवाप्तवान् ॥ २१ ॥ कन्याभावाच्च सुद्युम्नो नैनं गुणमवाप्तवान् ॥ वसिष्ठवचनाच्चासीत्प्रतिष्ठाने महात्मनः ॥ २२ ॥ प्रतिष्ठा धर्मराजस्य सुद्युम्नस्य कुरूद्वह ॥ तत्पुरूरवसे प्रादाद्राज्यं प्राप्य महायशाः ॥ २३ ॥ सुद्युम्नः कारयामास प्रतिष्ठाने नृपक्रियाम् ॥ उत्कलस्य त्रयः पुत्रास्त्रिषु लोकेषु विश्रुताः ॥ धृष्टकश्चाम्बरीषश्च दण्डश्चेति सुतास्त्रयः ॥ २४ ॥ यश्चकार महात्मा वै दंडकारण्यमुत्तमम् ॥ वनं तल्लोकविख्यातं तापसानामनुत्तमम् ॥ २५ ॥ तत्र प्रविष्टमात्रस्तु नरः पापात्प्रमुच्यते ॥ सुद्युम्नश्च दिवं यात ऐलमुत्पाद्य भारत ॥ २६ ॥ मानवेयो महाराज स्त्रीपुंसोर्लक्षणैर्युतः ॥ धृतवान्य इलेत्येव सुद्युम्नश्चेति विश्रुतः ॥ २७ ॥ नरिष्यतः

लिया। मनुके ज्येष्ठ पुत्र इक्ष्वाकुने मध्यप्रदेश पाया ॥ २० ॥ २१ ॥ सुद्युम्नमें कन्याभाव विद्यमान था। इस कारण उसे मध्यप्रदेश नहीं मिला। वह गुरु वसिष्ठके निर्देशानुसार प्रतिष्ठानपुर (प्रयागके एक प्रदेश) का शासन करने लगा ॥ २२ ॥ महायशस्वी सुद्युम्नने कुछ दिन प्रतिष्ठानपुरका शासन करके वह राज्य पुरूरवाको दे दिया और उसीसे वहाँका शासनकार्य कराने लगा। उत्कलके धृष्टक, अम्बरीष और दण्ड नामके तीन यशस्वी पुत्र उत्पन्न हुए। वे सारी त्रिलोकीमें विख्यात थे ॥ २३ ॥ २४ ॥ हे महाराज ! दण्डकारण्य नामसे जो वन विख्यात है, जहाँ तपस्वीगण स्वच्छन्दरूपसे तप करते हैं, जहाँ प्रवेशमात्रसे मनुष्य पवित्र हो जाता है, वह चिरप्रसिद्ध दण्डकारण्य नाम राजा दण्डसे ही प्रसिद्ध हुआ था। इस प्रकार ऐल (पुरूरवा) को उत्पन्न करके सुद्युम्न स्वर्गको चले गये ॥२५॥२६॥ हे महाराज ! मनुपुत्र सुद्युम्नमें स्त्री और पुरुष दोनोंके लक्षण विद्यमान थे और वे सुद्युम्न तथा इला दोनों नामसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विख्यात थे ॥ २७ ॥ नरिष्यत्के पुत्र शक और नाभागके पुत्र राजसत्तम अम्बरीष पुत्र हुए ॥ २८ ॥ धृष्णुके पुत्र युद्धदुर्मद धार्ष्टक हुए। शर्यातिके दो सन्तानें हुई। एक पुत्र आनर्त और एक कन्या सुकन्या थी, जो आगे चलकर महर्षि च्यवनकी पत्नी हुई। आनर्तका महातेजस्वी पुत्र रेव हुआ ॥ २९ ॥ ३० ॥ उसे आनर्तदेश (द्वारका) का राज्य मिला और कुशस्थली उसकी राजधानी बनी। राजा रेवके सौ पुत्र थे, जिनमें सबसे बड़ा पुत्र ककुद्मी था। कुछ दिनोंके बाद राजा रेव अपनी कन्याको साथ लेकर संगीत सुननेके लिए ब्रह्मलोक गये। वहाँ वे ब्रह्माके एक मुहूर्ततक रहे, किन्तु इतनी देरमें मर्त्यलोकनिवासियोंके कई युग बीत गये। इसके बाद वे यादवोंसे भरी अपनी राजधानी द्वारकाको लौट आये। उस समय भी वे युवा ही थे ॥ ३१–३३ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि यादवोंने उस पुरीमें बहुतेरे फाटक लगाकर उसे बहुत ही सुन्दर बना लिया है और उस पुरीका द्वारावती नाम रख दिया है। वासुदेव आदि

शकाः पुत्रा नाभागस्य तु भारत ॥ अम्बरीषोऽभवत्पुत्रः पार्थिवर्षभसत्तमः ॥ २८ ॥ धृष्णोस्तु धार्ष्टकं क्षत्रं रणधृष्टं बभूव ह ॥ शर्यातेर्मिथुनं चासीदानर्त्तो नाम विश्रुतः ॥ २९ ॥ पुत्रः कन्या सुकन्या च या पत्नी च्यवनस्य ह ॥ आनर्त्तस्य तु दायादो रेवो नाम महाद्युतिः ॥ ३० ॥ आनर्तविषयश्चासीत्पुरी चास्य कुशस्थली ॥ रेवस्य रैवतः पुत्रः ककुद्मी नाम धार्मिकः ॥ ३१ ॥ ज्येष्ठः पुत्रशतस्यासीद्राज्यं प्राप्य कुशस्थलीम् ॥ स कन्यासहितः श्रुत्वा गांधर्वं ब्रह्मणोऽन्तिके ॥ ३२ ॥ मुहूर्त्तभूतं देवस्य गतं बहुयुगं प्रभो ॥ आजगाम युवैवाथ स्वां पुरीं यादवैर्वृताम् ॥ ३३ ॥ कृतां द्वारवतीं नाम्ना बहुद्वारां मनोरमाम् ॥ भोजवृष्ण्यन्धकैर्गुप्तां वासुदेवपुरोगमैः ॥ ३४ ॥ ततः स रैवतो ज्ञात्वा यथातत्त्वमरिंदम ॥ कन्यां तां बलदेवाय सुव्रतां नाम रेवतीम् ॥ ३५ ॥ दत्त्वा जगाम शिखरं मेरोस्तपसि संस्थितः ॥ रेमे रामोऽपि धर्मात्मा रेवत्या सहितः सुखी ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

जनमेजय उवाच ॥ कथं बहुयुगे काले समतीते द्विजोत्तम ॥ न जरा रेवतीं प्राप्ता रैवतं च ककुद्मिनम् ॥१॥ मेरुं गतस्य वा तस्य शर्यातेः संततिः कथम् ॥ स्थिता पृथिव्यामद्यापि श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ न जरा क्षुत्पिपासे वा न मृत्युर्भरतर्षभ ॥ ऋतु-

वृष्णि, भोज तथा अन्धकवंशीय वीर उसकी रक्षा कर रहे हैं ॥ ३४ ॥ हे जनमेजय! महाराज रैवतने वहाँकी परिस्थितिको भलीभाँति समझकर अपनी सुव्रता कन्या रेवती बलरामको दे दी और तपस्या करनेके लिए वे वहाँसे सुमेरु पर्वतपर चले गये। इसके बाद धर्मात्मा बलराम रेवतीके साथ आनन्दपूर्वक रहने लगे ॥३५॥३६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

(धुन्धुके वधका वृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर! रैवत और रेवती ये दोनों कई युगों तक ब्रह्मलोकमें रहे, फिर भी वृद्धावस्था उन्हें स्पर्श क्यों नहीं कर सकी? ॥ १ ॥ और फिर राजा रैवत सुमेरुपर्वतपर चले गये तो आज भी पृथिवीपर उनका वंश कैसे विद्यमान है? इस वृत्तान्तको मैं भलीभाँति सुनना चाहता हूँ ॥ २ ॥ वैशम्पायन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा—हे अनघ ! ब्रह्मलोकमें क्षुधा, पिपासा, जरा (वृद्धावस्था) मृत्यु और ऋतुपरिवर्तन नहीं होता ॥ ३ ॥ ककुद्मान् रेवतके ब्रह्मलोक चले जानेपर पुण्यजननामधारी राक्षसोंने उनकी राजधानी कुशावती उजाड़ दी ॥ ४ ॥ धर्मात्मा रेवतके सौ भाई थे। जब राक्षस उनका विनाश करने लगे तो वे चारों ओर भाग गये ॥ ५ ॥ वे भ्राता जहाँ जाकर बसे, वहाँ उनकी सन्तति बढ़ी। वे सब शार्यात (राजा शर्यातिके वंशज) नामसे प्रसिद्ध हुए ॥ ६ ॥ ७ ॥ वे सभी क्षत्रिय पर्वतोंपर जाकर रहने लगे ॥ ८ ॥ नाभागारिष्टके (वैश्या स्त्रीसे उत्पन्न) दो वैश्यपुत्र थे, वे दोनों ब्रह्ममें लीन हो गये। करूषके सभी पुत्र रणनिपुण क्षत्रिय थे। वे कारूष नामसे विख्यात हुए ॥९॥ प्रांशुके केवल एक पुत्र हुआ और उसका नाम प्रजाति था। पृषध्रने अपने गुरुकी गायका वध कर दिया था, इस कारण गुरुके शापसे वह शूद्र हो गया। हे महाराज जनमेजय ! इस प्रकार मैंने वैवस्वत मनुके नौ पुत्रोंका वृत्तान्त कह सुनाया

चक्रं न भवति ब्रह्मलोके सदाऽनघ ॥ ३ ॥ ककुद्मिनस्तु तं लोकं रेवतस्य गतस्य ह ॥ हता पुण्यजनैस्तात राक्षसैश्च कुशस्थली ॥ ४ ॥ तस्य भ्रातृशतं चासीद्धार्मिकस्य महात्मनः ॥ तद्वध्यमानं रक्षोभिर्दिशः प्राद्रवदच्युतम् ॥ ५ ॥ विद्रुतस्य तु राजेन्द्र तस्य भ्रातृशतस्य वै ॥ तेषां तु ते भयाक्रान्ताः क्षत्रियास्तत्र तत्र ह ॥ ६ ॥ अन्ववायस्तु सुमहांस्तत्र तत्र विशांपते ॥ येषामेते महाराज शार्याता इति विश्रुताः ॥ ७ ॥ क्षत्रिया भरतश्रेष्ठ दिक्षु सर्वासु विश्रुताः ॥ सर्वशः पर्वतगणान्प्रविष्टाः कुरुनन्दन ॥ ८ ॥ नाभागारिष्टपुत्रौ द्वौ वैश्यौ ब्राह्मणतां गतौ ॥ करूषस्य च कारूषाः क्षत्रिया युद्धदुर्मदाः ॥ ९ ॥ प्रांशोरेकोऽभवत्पुत्रः प्रजातिरिति नः श्रुतम् ॥ पृषध्रो हिंसयित्वा तु गुरोर्गां जनमेजय ॥ १० ॥ शापाच्छूद्रत्वमापन्नो नवैते परिकीर्तिताः ॥ वैवस्वतस्य तनया मनोर्वै भरतर्षभ ॥ ११ ॥ क्षुवतश्च मनोस्तात इक्ष्वाकुरभवत्सुतः ॥ तस्य पुत्रशतं त्वासीदिक्ष्वाकोर्भूरिदक्षिणम् ॥ १२ ॥ तेषां विकुक्षिर्ज्येष्ठस्तु विकुक्षित्वादयोधताम् ॥ प्राप्तः परमधर्मज्ञः सोऽयोध्याधिपतिः प्रभुः ॥ १३ ॥ शकुनिप्रमुखास्तस्य पुत्राः पञ्चाशदुत्तमाः ॥ उत्तरापथदेशस्था रक्षितारो महीपते ॥ १४ ॥ चत्वारिंशदथाष्टौ च दक्षिणस्यां तथा दिशि ॥ शशादप्रमुखाश्चान्ये रक्षितारो विशांपते ॥ १५ ॥ इक्ष्वाकुस्तु विकुक्षिं वै अष्टकायामथादिशत् ॥ मांसमानय श्राद्धार्थं मृगान्हत्वा महाबल ॥ १६ ॥ श्राद्धकर्मणि चोदिष्ट अकृते श्राद्धकर्मणि ॥ भक्षयित्वा शशं तात शशादो मृगयां गतः ॥१७॥ इक्ष्वाकुणा परित्यक्तो वसिष्ठवचनात्प्रभुः ॥ इक्ष्वाकौ संस्थिते तात

॥ १० ॥ ११ ॥ एक बार महाराज मनुको छींक आ गयी, जिससे एक पुत्र और उत्पन्न हो गया। उसका नाम पड़ा—इक्ष्वाकु। इक्ष्वाकुके सौ पुत्र हुए ॥ १२ ॥ जिनमें विकुक्षि सबसे बड़ा पुत्र था। विकुक्षिका पेट बहुत बड़ा था। इस कारण वह योधा नहीं हो सका। किन्तु असाधारण धर्मात्मा होनेके कारण उसे अयोध्याके राज्यका आधिपत्य मिला ॥ १३ ॥ शकुनि आदि उसके पचास पुत्र हुए और वे सब उत्तरापथमें रहते हुए वहाँके देशोंकी रक्षा करते थे ॥ १४ ॥ शशाद आदि उनके अड़तालीस भाई दक्षिण दिशामें रहते हुए वहाँके प्रदेशोंकी रक्षा करते थे ॥ १५ ॥ एक दिन अष्टकाश्राद्धके अवसरपर इक्ष्वाकुने विकुक्षिसे कहा—हे वत्स ! तुम जाओ और मृगोंको मारकर श्राद्धके लिए उनका मांस ले आओ ॥ १६ ॥ विकुक्षि मृगयाके लिए गया। वहाँ उसने मृगोंका वध किया, किन्तु श्राद्धमें मांसका उपयोग होनेके पहले ही उसने एक शश (खरगोश) का मांस खा लिया। इससे उसका 'शशाद'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यहाँ आनेपर उसकी चेष्टाका पता लगा तो वसिष्ठके परामर्शानुसार इक्ष्वाकुने उसे त्याग दिया । इक्ष्वाकुके देह त्यागनेपर वह शशाद ही पितृराज्यका अधिकारी बना ॥१७॥१८॥ महाबली और असाधारण पराक्रमी ककुत्स्थ विकुक्षिका पुत्र था । उसने एक बार आडी-बकके संग्राममें वृषरूपधारी इन्द्रकी गर्दनपर बैठकर असुरोंको पराजित किया था । इसी कारण उसका ककुत्स्थ नाम पड़ा था । ककुत्स्थका पुत्र अनेना, अनेनाका पुत्र पृथु, पृथुका पुत्र विष्टराश्व, विष्टराश्वका पुत्र आर्द्र, आर्द्रका पुत्र युवनाश्व और युवनाश्वका पुत्र श्रावस्त हुआ ॥ १९–२१ ॥ इस श्रावस्तने ही श्रावस्तीपुरी बसायी थी । श्रावस्तके पुत्र महायशस्वी बृहदश्व और बृहदश्वके पुत्र परम धार्मिक राजा कुवलाश्व हुए । कुवलाश्वने ही धुन्धुका वध किया था । इस कारण उनका धुन्धुमार नाम पड़ गया ॥ २२ ॥ २३ ॥ इतनी कथा सुनकर जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन् ! राजा कुवलाश्वने जिस कारण धुन्धुको मारकर 'धुन्धुमार' नाम पाया था, वह वृत्तान्त मैं भलीभाँति सुनना चाहता हूँ ॥ २४ ॥ वैशम्पायन कहने लगे––हे महाराज ! कुवलाश्वके एक सौ पुत्र थे । वे सभी विद्वान्, धार्मिक, याज्ञिक, यज्ञोंमें प्रचुर दक्षिणा देनेवाले और धनुर्वेदके पारदर्शी वीर थे । कुछ काल बाद बृहदश्व अपने पुत्र कुवलाश्वको राज्यभार देकर वनको चल पड़े । इसी समय विप्रर्षि उत्तंकने आकर उन्हें ऐसा करनेसे रोका ॥ २५–२७ ॥ उत्तंकने कहा––हे राजन् ! हमारी रक्षा करना आपका प्रधान कर्तव्य है । इसलिए पहले आप यही काम करिए । नहीं तो वानप्रस्थी हो जानेपर भी आप निरुद्विग्न भावसे तप न कर सकेंगे ॥ २८ ॥ आप जैसे महात्मासे सुरक्षित होकर पृथिवी उद्वेगशून्य हो जायगी । इसलिए आप वनको न जायँ ॥ २९ ॥ प्रजाका पालन करना राजाका सर्वश्रेष्ठ धर्म है । वनमें जानेसे इस महान् धर्मकी प्राप्ति न हो सकेगी । इसलिए आप वनको जानेका विचार न करिए ॥ ३० ॥

नाम भी पड़ गया । उसके बाद वह पिताके पास आया ।

ककुत्स्थोऽजयतासुरान् ॥१९॥ पूर्वमाडीबके युद्धे
शशादस्तमथावसत् ॥१८॥ शशादस्य तु दायादः ककुत्स्थो नाम वीर्यवान् ॥ इन्द्रस्य वृषभूतस्य ककुत्स्थोऽजयतासुरान् ॥१९॥ आर्द्रस्य युवनाश्वस्तु
ककुत्स्थस्तेन हि स्मृतः ॥ अनेनास्तु ककुत्स्थस्य पृथुरानेनसः स्मृतः ॥ २० ॥ विष्टराश्वः पृथोः पुत्रस्तस्मादार्द्रस्त्वजायत ॥ आर्द्रस्य युवनाश्वस्तु
श्रावस्तस्य तु चात्मजः ॥ २१ ॥ जज्ञे श्रावस्तको राजा श्रावस्ती येन निर्मिता ॥ श्रावस्तस्य तु दायादो बृहदश्वो महायशाः ॥ २२ ॥
कुवलाश्वः सुतस्तस्य राजा परमधार्मिकः ॥ यः स धुन्धुवधाद्राजा धुन्धुमारत्वमागतः ॥ २३ ॥ जनमेजय उवाच ॥ धुन्धोर्वधमहं ब्रह्मञ्छ्रोतु-
मिच्छामि तत्त्वतः ॥ यदर्थं कुवलाश्वः स धुन्धुमारत्वमागतः ॥२४॥ वैशम्पायन उवाच ॥ कुवलाश्वस्य पुत्राणां शतमुत्तमधन्विनाम् ॥ सर्वविद्यासु
निपुणा बलवन्तो दुरासदाः ॥ २५ ॥ बभूवुर्धार्मिकाः सर्वे यज्वानो भूरिदक्षिणाः ॥ कुवलाश्वं सुतं राज्ये बृहदश्वो न्ययोजयत् ॥ २६ ॥ पुत्र-
संक्रामितश्रीस्तु वनं राजा समाविशत् ॥ तमुत्तङ्कोऽथ विप्रर्षिः प्रयान्तं प्रत्यवारयत् ॥ २७ ॥ उत्तङ्क उवाच ॥ भवता रक्षणं कार्यं तत्तावत्कर्तु-
मर्हसि ॥ निरुद्विग्नस्तपः कर्तुं न हि शक्नोषि पार्थिव ॥ २८ ॥ त्वया हि पृथिवी राजन्रक्षमाणा महात्मना ॥ भविष्यति निरुद्विग्ना नारण्यं
गन्तुमर्हसि ॥ २९ ॥ पालने हि महान्धर्मः प्रजानामिह दृश्यते ॥ न तथा दृश्यतेऽरण्ये मा तेऽभूद्बुद्धिरीदृशी ॥ ३० ॥ ईदृशो न हि राजेन्द्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे राजेन्द्र ! प्रजपालनसे उत्तम धर्म और कोई नहीं है। इसी कारण प्राचीन राजर्षियोंने इस धर्मको अपनाया था। राजाको प्रजाकी रक्षा करनी चाहिए। सो आप यह कार्य अवश्य करिए ॥३१॥ मेरे आश्रमके पास एक बालुकामयी समतल मरुभूमि है। वहाँ ही बालूसे भरा हुआ उज्जानक नामका समुद्र है। वहाँ देवताओंसे भी अवध्य, महाकाय और महाबली मधु राक्षसका पुत्र धुन्धु लोकविनाशके लिए भूमिके भीतर बालूमें छिपकर रहता हुआ कठोर तप कर रहा है ॥३२॥३३॥ सालभरमें केवल एक बार वह साँस लेता है। उस समय वनों और पर्वतों समेत पृथिवी हिलने लगती है ॥ ३४ ॥ उसके श्वासकी वायुसे बड़े जोरोंकी धूल उड़ती है। जिससे सूर्यमण्डल ढँक जाता है और एक सप्ताह तक भूकम्प आता रहता है ॥३५॥ उसके आश्रमसे आगकी भयानक चिनगारियाँ, अंगारे और आकाशचुम्बी धुएँ निकलते हैं। हे तात ! इसी कारण मैं अपने आश्रमपर रहनेमें असमर्थ हूँ ॥ ३६ ॥ सो संसारकी भलाईके लिए आप उस

धर्मः क्वचन दृश्यते ॥ प्रजानां पालने यो वै पुरा राजर्षिभिः कृतः ॥ रक्षितव्या प्रजा राज्ञा तास्त्वं रक्षितुमर्हसि ॥ ३१ ॥ ममाश्रमसमीपे हि
समेषु मरुधन्वसु ॥ समुद्रो बालुकापूर्ण उज्जानक इति श्रुतः ॥ देवतानामवध्यश्च महाकायो महाबलः ॥ ३२ ॥ अन्तर्भूमिगतस्तत्र बालुकान्तर्हितो
महान् ॥ राक्षसस्य मधोः पुत्रो धुन्धुनामा महासुरः ॥ शेते लोकविनाशाय तप आस्थाय दारुणम् ॥ ३३ ॥ संवत्सरस्य पर्यन्ते स निःश्वासं
प्रमुञ्चति ॥ यदा तदा भूश्चलति सशैलवनकानना ॥ ३४ ॥ तस्य निःश्वासवातेन रज उद्धूयते महत् ॥ आदित्यपथमावृत्य सप्ताहं भूमिकम्पनम्
॥ ३५ ॥ सविस्फुलिङ्गं साङ्गारं सधूममतिदारुणम् ॥ तेन तात न शक्नोमि तस्मिन्स्थातुं स्वकाश्रमे ॥ ३६ ॥ तं मारय महाकायं लोकानां हित-
काम्यया ॥ लोकाः स्वस्था भवन्त्यद्य तस्मिन्विनिहतेऽसुरे ॥ ३७ ॥ त्वं हि तस्य वधायैकः समर्थः पृथिवीपते ॥ विष्णुना च वरो दत्तो मह्यं पूर्व-
युगेऽनघ ॥ ३८ ॥ यस्त्वं महासुरं रौद्रं हनिष्यसि महाबलम् ॥ तस्य त्वं वरदानेन तेज आप्याययिष्यसि ॥ ३९ ॥ न हि धुन्धुर्महातेजास्तेजसा-
ऽल्पेन शक्यते ॥ निर्दग्धुं पृथिवीपाल स हि वर्षशतैरपि ॥ वीर्यं हि सुमहत्तस्य देवैरपि दुरासदम् ॥४०॥ स एवमुक्तो राजर्षिरुत्तंकेन महात्मना ॥
कुवलाश्वं सुतं प्रादात्तस्मै धुन्धुनिवारणे ॥ ४१ ॥ बृहदश्व उवाच ॥ भगवन्न्यस्तशस्त्रोऽहमयं तु तनयो मम ॥ भविष्यति द्विजश्रेष्ठ धुन्धुमारो
न संशयः ॥ ४२ ॥ स तं व्यादिश्य तनयं राजर्षिर्धुन्धुमारणे ॥ जगाम पर्वतायैव तपसे संशितव्रतः ॥ ४३ ॥ कुवलाश्वस्तु पुत्राणां शतेन सह

महाकाय असुरको मार डालिए। उसके मरते ही वहाँके लोग स्वस्थ हो जायँगे ॥३७॥ हे राजन् ! एकमात्र आप ही उसका वध कर सकते हैं। पूर्वयुगमें विष्णुभगवानने मुझे यह वर दिया था कि जो व्यक्ति इस महाबली असुरको पराजित करने आये, उसे वरदान देकर तुम उसका तेज बढ़ा देना। क्योंकि साधारण तेजस्वी व्यक्ति उस देवदुरासद दुरात्माके बलका ह्रास नहीं कर सकेगा ॥ ३८–४० ॥ महात्मा उत्तंकके ऐसा कहनेपर राजर्षि बृहदश्व धुन्धुका वध करनेके लिए अपने पुत्र कुवलाश्वको देते हुए कहा—भगवन् ! मैंने शस्त्र त्याग दिया है। इसलिए इसे दे रहा हूँ। यह मेरा पुत्र कुवलाश्व अवश्य धुन्धुका वध करेगा। राजर्षि बृहदश्व ऐसा कह और पुत्रपर धुन्धुके वधका भार डालकर स्वयं तपस्या करनेके लिए पर्वतशिखरपर चले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चल पड़े ॥ ४४ ॥ इसी समय महर्षि उत्तंकके प्रार्थनानुसार लोककल्याणके
गये ॥ ४१–४३ ॥ इधर कुवलाश्व अपने सौ पुत्रोंको लेकर महात्मा उत्तंकके साथ धुन्धुका वध करनेके लिए चल पड़े ॥ ४४ ॥ इसी समय महर्षि उत्तंकके प्रार्थनानुसार लोककल्याणके
निमित्त विष्णुभगवान कुवलाश्वके शरीरमें प्रविष्ट हो गये ॥ ४५ ॥ उस दुर्द्धर्ष महापुरुषके चलते ही जोरोंकी गड़गड़ाहटके साथ यह आकाशवाणी हुई कि आज श्रीमान् कुवलाश्व धुन्धु-
मार बनेंगे ॥ ४६ ॥ उस समय देवता उनपर स्वर्गीय पुष्पोंकी मालायें बरसाने लगे और देवताओंकी दुन्दुभियाँ बजने लगीं ॥ ४७ ॥ विजयी वीरोंमें श्रेष्ठ कुवलाश्वने वहाँ पहुँचते ही
अपने पुत्रों द्वारा वह बालुकामय समुद्र खोदवाना आरम्भ कर दिया ॥ ४८ ॥ महर्षि उत्तंकके वरदानसे प्राप्त विष्णुके तेजसे वे अत्यधिक तेजस्वी होकर प्रचुर पराक्रमसे ओत-प्रोत हो
गये ॥ ४९ ॥ बालू खोदते-खोदते उनके पुत्रोंने देखा कि धुन्धु पश्चिम दिशामें एक स्थानपर लेटा हुआ है। उन राजपुत्रोंको देखते ही धुन्धुका क्रोधानल भभक उठा। जिससे उसकी

उत्तङ्कस्य नियोगाद्वै लोकस्य हितकाम्यया
पार्थिवः ॥ प्रायादुत्तङ्कसहितो धुंधोस्तस्य विनिग्रहे ॥ ४४ ॥ तमाविशत्तदा विष्णुर्भगवांस्तेजसा प्रभुः ॥
॥ ४५ ॥ तस्मिन्प्रयाते दुर्द्धर्षे दिवि शब्दो महानभूत् ॥ एष श्रीमानवध्योऽद्य धुन्धुमारो भविष्यति ॥ ४६ ॥ दिव्यैर्माल्यैश्च तं देवाः समंतात्स-
मवाकिरन् ॥ देवदुंदुभयश्चापि प्रणेदुर्भरतर्षभ ॥ ४७ ॥ स गत्वा जयतां श्रेष्ठस्तनयैः सह वीर्यवान् ॥ समुद्रं खानयामास बालुकार्णवमव्ययम्
॥ ४८ ॥ नारायणेन कौरव्य तेजसा व्यापितः स वै ॥ बभूव स महातेजा भूयो बलसमन्वितः ॥ ४९ ॥ तस्य पुत्रैः खनद्भिस्तु बालुकान्तर्हि-
तस्तदा ॥ धुंधुरासादितो राजन्दिशमावृत्य पश्चिमाम् ॥ ५० ॥ मुखजेनाग्निना क्रोधाल्लोकानुद्वर्तयन्निव ॥ वारि सुस्राव वेगेन महोदधिरिवोदये
॥ ५१ ॥ सोमस्य भरतश्रेष्ठ धारोर्मिकलिलं महत् ॥ तस्य पुत्रशतं दग्धं त्रिभिरूनं तु रक्षसा ॥ ५२ ॥ ततः स राजा कौरव्य राक्षसं तं महा-
बलम् ॥ आससाद महातेजा धुंधुं धुंधुनिबर्हणः ॥ ५३ ॥ तस्य वारिमयं वेगमपिबत् स नराधिपः ॥ योगी योगेन वह्निं च शमयामास वारिणा
॥ ५४ ॥ निहत्य तं महाकायं बलेनोदकराक्षसम् ॥ उत्तंकं दर्शयामास कृतकर्मा नराधिपः ॥ ५५ ॥ उत्तंकस्तु वरं प्रादात्तस्मै राज्ञे महात्मने ॥
ददौ तस्याक्षयं वित्तं शत्रुभिश्चापराजयम् ॥५६॥ धर्मे रतिं च सततं स्वर्गवासं तथाक्षयम् ॥ पुत्राणां चाक्षयाँल्लोकान्स्वर्गे ये रक्षसा हताः ॥५७॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

क्रोधाग्निमें राजा कुवलाश्वके सौ पुत्रोंमेंसे सत्तानबे पुत्र जलकर भस्म हो गये। केवल तीन पुत्र बाकी बचे। इसके बाद जैसे चन्द्रोदय होनेपर समुद्र बड़े वेगसे बढ़ता है, उसी तरह उस राक्षसका क्रोध उद्दीप्त होनेपर उसके शरीरसे बड़े वेगके साथ जलकी धारा बहने लगी। उस समय ऐसा मालूम हुआ कि वह सारी पृथिवीको डुबा देनेके लिए उद्यत हो गया है ॥५०–५२॥ हे कुरुनन्दन जनमेजय! इसके बाद राजा कुवलाश्व उसके समीप पहुँचे और वह सारी जलकी धारा पी गये। अपने योगबलसे जलवृष्टि करके उसी जलसे उन्होंने उसका अग्निबल भी शान्त कर दिया ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ तदनन्तर बलपूर्वक वध करके उसका मृत शरीर महर्षि उत्तंकको दिखाया ॥ ५५ ॥ उनके इस महान् पराक्रमसे प्रसन्न होकर महर्षि उत्तंकने महाराज कुवलाश्वको अक्षय धनराशि, शत्रुपर विजयप्राप्ति, धर्ममें सदा अनुराग, अविनाशी स्वर्गलोक तथा उनके मृत पुत्रोंको भी अक्षय लोकोंकी प्राप्तिका वरदान दिया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ५६ ॥ ५७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

(महर्षि गालवकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) वैशम्पायन कहने लगे—हे राजन् ! राजा कुवलाश्वके जो तीन पुत्र बाकी बचे थे, उनमें बड़ा दृढ़ाश्व था और चन्द्राश्व तथा कपिलाश्व ये दोनों छोटे थे ॥ १ ॥ धुन्धुमारतनय दृढ़ाश्वका पुत्र हर्यश्व हुआ । हर्यश्वका पुत्र निकुम्भ हुआ, जो सदा क्षात्रधर्ममें अनुरक्त रहा करता था ॥ २ ॥ निकुम्भका पुत्र संहताश्व हुआ । वह युद्धमें बहुत निपुण था । संहताश्वके दो पुत्र हुए—अकृशाश्व और कृशाश्व ॥३॥ संहताश्वकी एक हैमवती कन्या भी थी, जिसका नाम था—दृषद्वती । वह सारी त्रिलोकीमें विख्यात थी । उसके प्रसेनजित् नामका पुत्र था ॥ ४ ॥ प्रसेनजित्को गौरी नामकी पतिव्रता पत्नी प्राप्त हुई थी । आगे चलकर उसे अपने पतिका शाप मिल गया, जिससे वह बाहुदा नामकी नदी हो गयी ॥ ५ ॥ गौरीका गर्भजात पुत्र युवनाश्व बहुत बड़ा राजा हुआ । युवनाश्वका पुत्र मान्धाता त्रिलोकीका विजयी राजा था ॥ ६ ॥ शशबिन्दुकी पुत्री चैत्ररथीके साथ उसका विवाह

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्य पुत्रास्त्रयः शिष्टा दृढाश्वो ज्येष्ठ उच्यते ॥ चन्द्राश्वकपिलाश्वौ तु कुमारौ द्वौ कनीयसौ ॥ १ ॥ धौन्धुमारिर्दृढाश्वस्तु हर्यश्वस्तस्य चात्मजः ॥ हर्यश्वस्य निकुम्भोऽभूत्क्षत्रधर्मरतः सदा ॥ २ ॥ संहताश्वो निकुम्भस्य पुत्रो रणविशारदः ॥ अकृशाश्वः कृशाश्वश्च संहताश्वसुतौ नृप ॥ ३ ॥ तस्य हैमवती कन्या सतां माता दृषद्वती ॥ विख्याता त्रिषु लोकेषु पुत्रश्चास्याः प्रसेनजित् ॥ ४ ॥ लेभे प्रसेनजिद्भार्यां गौरीं नाम पतिव्रताम् ॥ अभिशप्ता तु सा भर्त्रा नदी वै बाहुदाऽभवत् ॥ ५ ॥ तस्याः पुत्रो महानासीद्युवनाश्वो महीपतिः ॥ मान्धाता युवनाश्वस्य त्रिलोकविजयी सुतः ॥ ६ ॥ तस्य चैत्ररथी भार्या शशबिन्दोः सुताऽभवत् ॥ साध्वी बिन्दुमती नाम रूपेणासदृशी भुवि ॥ ७ ॥ पतिव्रता च ज्येष्ठा च भ्रातॄणामयुतस्य सा ॥ तस्यामुत्पादयामास मान्धाता द्वौ सुतौ नृप ॥ ८ ॥ पुरुकुत्सं च धर्मज्ञं मुचुकुन्दं च धार्मिकम् ॥ पुरुकुत्ससुतस्त्वासीत्त्रसदस्युर्महीपतिः ॥ ९ ॥ नर्मदायामथोत्पन्नः संभूतस्तस्य चात्मजः ॥ संभूतस्य तु दायादः सुधन्वा नाम पार्थिवः ॥ १० ॥ सुधन्वनः सुतश्चासीत्त्रिधन्वा रिपुमर्दनः ॥ राज्ञस्त्रिधन्वनस्त्वासीद्विद्वांस्त्रय्यारुणः सुतः ॥ ११ ॥ तस्य सत्यव्रतो नाम कुमारोऽभून्महाबलः ॥ पाणिग्रहणमन्त्राणां विघ्नं चक्रे सुदुर्मतिः ॥ १२ ॥ येन भार्याऽऽहृता पूर्वं कृतोद्वाहा परस्य वै ॥ बाल्यात्कामाच्च मोहाच्च संहर्षाच्चापलेन च ॥ १३ ॥ जहार

हुआ था । साध्वी चैत्ररथी अपने नाम और गुणसे विख्यात एक अनुपमा नारी थी ॥ ७ ॥ वह अत्यन्त पतिव्रता तथा दस हजार भाइयोंको अकेली और ज्येष्ठ बहिन थी । हे राजन् ! महाराज मान्धाताने उससे दो पुत्र उत्पन्न किये ॥८॥ पहला परम धार्मिक पुरुकुत्स और दूसरा धर्मात्मा मुचुकुन्द । पुरुकुत्सके पुत्रका नाम था—राजा त्रसदस्यु ॥९॥ त्रसदस्युकी पत्नी नर्मदासे जो पुत्र उत्पन्न हुआ उसका नाम था—सम्भूत । राजा सम्भूतके पुत्रका नाम था—सुधन्वा ॥ १० ॥ सुधन्वाके त्रिधन्वा नामका रिपुनाशक पुत्र उत्पन्न हुआ । राजा त्रिधन्वाके परम विद्वान् त्रय्यारुण नामका पुत्र उत्पन्न हुआ ॥ ११ ॥ त्रय्यारुणके महाबली सत्यव्रत नामका पुत्र उत्पन्न हुआ । उस दुर्बुद्धिने एक नागरिकके वैवाहिक मंत्रमें विघ्न डाला था ॥ १२ ॥ पूर्व समयमें एक नागरिकका विवाह हो रहा था । जब वर-वधू सप्तपदीका उच्चारण कर रहे थे और मंत्र शेष नहीं हुआ था, तभी बालसुलभ चंचलता, निर्बुद्धिता तथा कामुकतावश सत्यव्रतने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बार बार यही बात कहकर उन्होंने उसे
उस कन्याका हरण करके उसे अपनी पत्नी बना ली। उसकी इस उच्छृङ्खलतासे रुष्ट होकर महाराज त्रय्यारुणने कहा—अरे पापी! तू दूर हो जा। बार बार यही बात कहकर उन्होंने उसे
त्याग दिया। इस प्रकार परित्यक्त होकर सत्यव्रतने पितासे बार-बार कहा—पिताजी! आपने तो मुझे त्याग दिया। अब मैं कहाँ जाऊँ? ॥ १३–१५ ॥ पिता त्रय्यारुणने कहा—अरे
कुलांगार! मैं तुझ जैसे अधम पुत्रका पिता नहीं कहलाना चाहता। इससे अब तू जाकर चण्डालोंके साथ रह ॥ १६ ॥ पिताके ऐसा कहनेपर सत्यव्रत नगरसे बाहर हो गया।
भगवान वसिष्ठ ऋषिने भी उसे नहीं रोका ॥ १७ ॥ इस प्रकार सत्यव्रत चण्डालोंकी बस्तीमें जा बसा और पिता त्रय्यारुण राज्य त्यागकर वनको चले गये ॥ १८ ॥ एक वरके
विवाहमें विघ्न डालनेके पापवश उस राज्यमें इन्द्रने बारह वर्ष जलवृष्टि नहीं की ॥१९॥ इसी समय महान् तपस्वी विश्वामित्र अपनी पत्नीको वहाँ छोड़कर समुद्रके एक निर्जल प्रदेशमें चले

कन्यां कामात्स कस्यचित्पुरवासिनः ॥ अधर्मशंकुना तेन राजा त्रय्यारुणोऽत्यजत् ॥ १४ ॥ अपध्वंसेति बहुशो वदन्क्रोधसमन्वितः ॥ पितरं
सोऽब्रवीत्त्यक्तः क्व गच्छामीति वै मुहुः ॥ १५ ॥ पिता त्वेनमथोवाच श्वपाकैः सह वर्त्तय ॥ नाहं पुत्रेण पुत्रार्थी त्वयाऽद्य कुलपांसन ॥ १६ ॥
इत्युक्तः स निराक्रामन्नगराद्वचनात्पितुः ॥ न च तं वारयामास वसिष्ठो भगवानृषिः ॥ १७ ॥ स तु सत्यव्रतस्तात श्वपाकावसथान्तिके ॥ पित्रा
त्यक्तोऽवसद्धीरः पिता तस्य वनं ययौ ॥ १८ ॥ ततस्तस्मिंस्तु विषये नावर्षत्पाकशासनः ॥ समा द्वादश राजेन्द्र तेनाधर्मेण वै तदा ॥ १९ ॥
दारांस्तु तस्य विषये विश्वामित्रो महातपाः ॥ संन्यस्य सागरानूपे चचार विपुलं तपः ॥ २० ॥ तस्य पत्नी गले बद्ध्वा मध्यमं पुत्रमौरसम्
शेषस्य भरणार्थाय व्यक्रीणाद्गोशतेन वै ॥ २१ ॥ तं तु बद्धं गले दृष्ट्वा विक्रीयन्तं नृपात्मजः ॥ महर्षिपुत्रं धर्मात्मा मोचयामास भारत ॥ २२ ॥
सत्यव्रतो महाबाहुर्भरणं तस्य चाकरोत् ॥ विश्वामित्रस्य तुष्ट्यर्थमनुकम्पार्थमेव च ॥ २३ ॥ सोऽभवद्गालवो नाम गलबन्धान्महातपाः ॥ महर्षिः
कौशिकस्तात तेन वीरेण मोक्षितः ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ सत्यव्रतस्तु भक्त्या च कृपया च प्रतिज्ञया ॥ विश्वामित्रकलत्रं तद्बभार विषये स्थितः ॥ १ ॥ हत्वा मृगान्वराहांश्च

गये और वहाँ कठोर तप करने लगे ॥ २० ॥ इधर विश्वामित्रकी पत्नी अपने शेष कुटुम्बका भरण-पोषण करनेके लिए अपने मझले पुत्रके गलेमें रस्सी बाँधकर उसे सौ गौओंके बदलेमें
बेचने चली ॥ २१ ॥ नृपनन्दन सत्यव्रतने इस प्रकार गलेमें रस्सी बाँधकर उस मुनिपुत्रको बिकते देखा तो उसे छुड़ा लिया। महामुनि विश्वामित्रका सन्तोष और उनकी कृपा प्राप्त
करनेके लिए उसे अपने घर ले जाकर पालन-पोषण करने लगे ॥२२॥२३॥ हे राजन् जनमेजय! वीरवर सत्यव्रतने कुशिकवंशवर्द्धन विश्वामित्रके जिस बालकको छुड़ाया था, वह गलेमें रस्सी
बाँधकर बिकनेके कारण महातपस्वी गालव नामसे विख्यात हुआ ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

(राजा त्रिशंकुका वृत्तान्त) महाराज सत्यव्रत विश्वामित्रके प्रति भक्ति, उनकी कृपाकी आशा एवं वसिष्ठका गुरुत्व दूर करनेकी प्रतिज्ञाको पूर्ण करनेके लिए विश्वामित्रकी भार्या

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0, In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पालन-पोषण करने लगे ॥ १ ॥ वे बहुतेरे मृग, वराह तथा वनैले भैंसोंको मारकर उनका मांस विश्वामित्रके आश्रमपर एक वृक्षमें बाँध दिया करते थे ॥ २ ॥ पिताके वन चले जानेपर भी राजा सत्यव्रत पिताके आदेशानुसार बारह वर्षोंतक निर्जन वनमें रहते हुए नियमोंका पालन करते रहे ॥ ३ ॥ इतने समय वसिष्ठने पौरोहित्य तथा आचार्यसम्बन्धके कारण अयोध्याके राज्य एवं अन्तःपुरकी रक्षा की ॥ ४ ॥ राजा सत्यव्रत लड़कपन अथवा भावी अनर्थवश वसिष्ठपर बहुत क्रुद्ध थे ॥ ५ ॥ क्योंकि जब उनके पिता त्रय्यारुण उन्हें त्यागने लगे तो महर्षि वसिष्ठने यह सोचकर उन्हें वैसा करनेसे नहीं रोका था कि जिससे कुछ समयमें सत्यव्रतके पापका प्रायश्चित्त हो जाय ॥६॥ विना सप्तपदीके विवाह-कार्य पूर्ण नहीं होता । सो जब सप्तपदी होनेके पहले ही सत्यव्रतने उस ब्राह्मणकन्याका हरण कर लिया तो वे परदारापहारी न होकर परकन्यापहारी ही हुए । अतएव बारह वर्षोंतक वनवासका क्लेश सहन करनेपर ही

महिषांश्च वनेचरान् ॥ विश्वामित्राश्रमाभ्याशे मांसं वृक्षे बबन्ध सः ॥ २ ॥ उपांशुव्रतमास्थाय दीक्षां द्वादशवार्षिकीम् ॥ पितुर्नियोगादवसत्त-
स्मिन्वनगते नृपे ॥ ३ ॥ अयोध्यां चैव राष्ट्रं च तथैवान्तःपुरं मुनिः ॥ याज्योपाध्यायसंबन्धाद्वसिष्ठः पर्यरक्षत ॥ ४ ॥ सत्यव्रतस्तु बाल्याद्वा
भाविनोऽर्थस्य वा बलात् ॥ वसिष्ठेऽभ्यधिकं मन्युं धारयामास वै तदा ॥ ५ ॥ पित्रा तु तं तदा राज्यात्त्यज्यमानं स्वमात्मजम् ॥ न वारयामास
मुनिर्वसिष्ठः कारणेन ह ॥ ६ ॥ पाणिग्रहणमन्त्राणां निष्ठा स्यात्सप्तमे पदे ॥ न च सत्यव्रतस्तस्य तमुपांशुमबुध्यत ॥ ७ ॥ जानन्धर्मं वसिष्ठस्तु न
मां त्रातीति भारत ॥ सत्यव्रतस्तदा रोषं वसिष्ठे मनसाऽकरोत् ॥ ८ ॥ गुणबुद्ध्या तु भगवान्वसिष्ठः कृतवांस्तथा ॥ न च सत्यव्रतस्तस्य
तमुपांशुमबुध्यत ॥ ९ ॥ तस्मिन्नपरितोषो यः पितुरासीन्महात्मनः ॥ तेन द्वादश वर्षाणि नावर्षत्पाकशासनः ॥ १० ॥ तेन त्विदानीं वहता दीक्षां
तां दुर्वहां भुवि ॥ कुलस्य निष्कृतिस्तात कृता सा वै भवेदिति ॥ ११ ॥ न तं वसिष्ठो भगवान्पित्रा त्यक्तं न्यवारयत् ॥ अभिषेक्ष्याम्यहं पुत्र-
मस्येत्येवं मतिर्मुनेः ॥ १२ ॥ स तु द्वादश वर्षाणि दीक्षां तामुद्वहद्बली ॥ उपांशुव्रतमास्थाय महत्सत्यव्रतो नृप ॥ १३ ॥ अविद्यमाने मांसे तु
वसिष्ठस्य महात्मनः ॥ सर्वकामदुघां दोग्ध्रीं ददर्श स नृपात्मजः ॥ १४ ॥ तां वै क्रोधाच्च मोहाच्च श्रमाच्चैव क्षुधार्दितः ॥ दशधर्मान्गतो राजा
जघान जनमेजय ॥ १५ ॥ मत्तः प्रमत्त उन्मत्तः श्रान्तः क्रुद्धो बुभुक्षितः ॥ त्वरमाणश्च भीरुश्च लुब्धः कामी च ते दश ॥ १६ ॥ तच्च मांसं

कन्याहरणके पापका प्रायश्चित्त होकर कुलका कलंक दूर हो सकता था । वसिष्ठका विचार था कि इस प्रकार प्रायश्चित्त सम्पन्न हो जानेपर सत्यव्रतको पुनः राज्यसिंहासनपर बैठा दिया जायगा, किन्तु सत्यव्रतने वसिष्ठका यह मनोभाव नहीं समझ पाया ॥ ७ ॥ उनका तो यही ख्याल था कि धर्मको जानते हुए भी इस प्रकार दण्ड देते समय पिताजीको गुरुदेवने रोका क्यों नहीं । इसी आधारपर सत्यव्रतने उनपर असाधारण कोप किया ॥ ८ ॥ ९ ॥ हे राजन् ! सत्यव्रतके उस दुष्कर्मसे पिता त्रय्यारुणिको जो क्लेश हुआ, उससे बारह वर्षोंतक उनके राज्यमें इन्द्रदेवने जल नहीं बरसाया ॥ १० ॥ इधर सत्यव्रत बारह वर्षतक वनवास करते हुए रह रहे थे, तभी एकाएक उनके आश्रमका मांस चुक गया । उसी समय उन्होंने महर्षि वसिष्ठकी दुधार कामधेनु गौको चरती देखा ॥ ११-१४ ॥ हे जनमेजय ! तब सत्यव्रतने मत्त, उन्मत्त, प्रमत्त, श्रान्त, क्रोध, भूख, इच्छा, त्वरा, भीरुता और मोहवश उस गौको मार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

डाला। उन्होंने उसका मांस स्वयं खाया और विश्वामित्रके पुत्रोंको भी खिलाया। यह समाचार सुनकर महर्षि वसिष्ठ बहुत कुपित हुए और सत्यव्रतसे कहा—अरे क्रूर! यदि तूने गोवध और संस्कारहीन मांसका भक्षणरूपी पाप न किया होता तो मैं तेरे पूर्वकृत (कन्याहरण) पापको क्षमा कर देता ॥ १५–१८ ॥ किन्तु अब तो तूने पिताका असन्तोष, गुरुकी गौका वध और असंस्कृत मांसका भक्षणरूपी तीन पाप कर डाले ॥ १९ ॥ सत्यव्रतके इन्हीं तीनों शंकुओं (पापों) को देखकर महर्षि वसिष्ठने उसका त्रिशंकु नाम रख दिया और तबसे वह इसी नामसे विख्यात हो गया ॥ २० ॥ उधर विश्वामित्र तपस्या पूर्ण करके लौटे तो उन्हें ज्ञात हुआ कि सत्यव्रत (त्रिशंकु) ने ही उनके परिवारकी रक्षा की है। इससे बहुत प्रसन्न होकर उन्होंने त्रिशंकुसे कोई वर माँगनेका अनुरोध किया ॥ २१ ॥ उनके आग्रह करनेपर त्रिशंकुने अपने लिए सदेह स्वर्गगमनका वर माँगा ॥२२॥ जब अयोध्यामें बारह वर्षकी

स्वयं चैव विश्वामित्रस्य चात्मजान् ॥ भोजयामास तच्छ्रुत्वा वसिष्ठोऽप्यस्य चुक्रुधे ॥ क्रुद्धस्तु भगवान्वाक्यमिदमाह नृपात्मजम् ॥ १७ ॥ वसिष्ठ
उवाच ॥ पातयेयमहं क्रूर तव शंकुमसंशयम् ॥ यदि ते द्वाविमौ शंकू न स्यातां वैकृतौ पुनः ॥ १८ ॥ पितुश्चापरितोषेण गुरोर्दोग्ध्रीवधेन च ॥
अप्रोक्षितोपयोगाच्च त्रिविधस्ते व्यतिक्रमः ॥१९॥ एवं त्रीण्यस्य शंकूनि तानि दृष्ट्वा महातपाः ॥ त्रिशंकुरिति होवाच स त्रिशंकुरिति स्मृतः ॥२०॥
विश्वामित्रस्तु दाराणामागतो भरणे कृते ॥ स तु तस्मै वरं प्रादान्मुनिः प्रीतस्त्रिशङ्कवे ॥ २१ ॥ छन्द्यमानो वरेणाथ वरं वव्रे नृपात्मजः ॥ सशरीरो
व्रजे स्वर्गमित्येवं याचितो मुनिः ॥ २२ ॥ अनावृष्टिभये तस्मिन्गते द्वादशवार्षिके ॥ राज्येऽभिषिच्य पित्र्ये तु याजयामास तं मुनिः ॥ २३ ॥
मिषतां देवतानां च वसिष्ठस्य च कौशिकः ॥ सशरीरं तदा तं तु दिवमारोपयत्प्रभुः ॥ २४ ॥ तस्य सत्यरथा नाम भार्या कैकयवंशजा ॥ कुमारं
जनयामास हरिश्चन्द्रमकल्मषम् ॥ २५ ॥ स वै राजा हरिश्चन्द्रस्त्रैशङ्कवः इति स्मृतः ॥ आहर्ता राजसूयस्य स सम्राडिति विश्रुतः ॥ २६ ॥
हरिश्चन्द्रस्य पुत्रोऽभूद्रोहितो नाम वीर्यवान् ॥ येनेदं रोहितपुरं कारितं राज्यसिद्धये ॥ २७ ॥ कृत्वा राज्यं स राजर्षिः पालयित्वा त्वथ प्रजाः ॥
संसारासारतां ज्ञात्वा द्विजेभ्यस्तत्पुरं ददौ ॥ २८ ॥ हरितो रोहितस्याथ चञ्चुर्हारीत उच्यते ॥ विजयश्च सुदेवश्च चञ्चुपुत्रौ बभूवतुः ॥ २९ ॥
जेता क्षत्त्रस्य सर्वस्य विजयस्तेन संस्मृतः ॥ रुरुकस्तनयस्तस्य राजा धर्मार्थकोविदः ॥ ३० ॥ रुरुकस्य वृकः पुत्रो वृकाद्बाहुस्तु जज्ञिवान् ॥

अनावृष्टिका संकट दूर हो गया, तब विश्वामित्रने त्रिशंकुका राज्याभिषेक किया। इसके बाद उससे यज्ञ कराया ॥ २३ ॥ यज्ञ पूर्ण हो जानेपर महर्षि वसिष्ठ तथा सब देवताओंके समक्ष उन्होंने त्रिशंकुको स्वर्ग भेज दिया ॥ २४ ॥ महाराज केकयके वंशमें उत्पन्न सत्यरथा त्रिशंकुकी पत्नी थी। उसने पूतात्मा हरिश्चन्द्रको जन्म दिया ॥ २५ ॥ हरिश्चन्द्र त्रैशंकव (त्रिशंकुपुत्र) नामसे विख्यात हुए और राजसूय यज्ञ करनेवाले सम्राट् कहलाये ॥ २६ ॥ हरिश्चन्द्रके महाक्रमी पुत्र रोहित हुए। उन्होंने अपना राज्य सुचारुरूपसे चलानेके लिए रोहितपुर नामका नगर बसाया ॥ २७ ॥ राजर्षि रोहितने चिरकालतक राज्य करके भली-भाँति प्रजाका पालन किया। बादमें इस संसारको असार समझकर वह नगर ब्राह्मणोंको दान दे दिया ॥ २८ ॥ रोहितके पुत्र हरित और हरितके पुत्र चञ्चु हुए। चञ्चुके विजय और सुदेव ये दो पुत्र हुए ॥ २९ ॥ इन दोनोंमें बड़े पुत्रने समस्त क्षत्रिय-जातिको परास्त किया था. इसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कारण उसका विजय नाम पड़ा। विजयके रुरुक नामका पुत्र हुआ, जो धर्म और अर्थका तत्त्वज्ञ था ॥३०॥ रुरुकके वृक और वृकके बाहु नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। बाहु परम अधार्मिक राजा था। इसी कारण शक, यवन, काम्बोज, पारद, पह्लव, हैहय तथा तालजंघ आदि म्लेच्छ राजाओंने उसे राज्यच्युत कर दिया ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ बाहुसे सगर नामका पुत्र जायमान हुआ। वह गर (विष) के साथ उत्पन्न हुआ था। राजा सगर भृगुवंशी महर्षि और्वके आश्रममें पले थे ॥ ३३ ॥ कुछ काल बाद महाराज सगरने और्व ऋषिसे ही आग्नेयास्त्र प्राप्त किया और तालजंघ-हैहय आदि राजाओंका विनाश करके पृथिवीको जीता और शक, पह्लव तथा पारद आदि क्षत्रियोंका धर्म लुप्त कर दिया ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

शकैर्यवनकाम्बोजैः पारदैः पह्लवैः सह ॥ ३१ ॥ हैहयास्तालजङ्घाश्च निरस्यन्ति स्म तं नृपम् ॥ नात्यर्थं धार्मिकस्तात स हि धर्मयुगेऽभवत् ॥ ३२ ॥
सगरस्तु सुतो बाहोर्जज्ञे सह गरेण च ॥ और्वस्याश्रममागम्य भार्गवेणाभिरक्षितः ॥ ३३ ॥ आग्नेयमस्त्रं लब्ध्वा च भार्गवात्सगरो नृपः ॥
जिगाय पृथिवीं हत्वा तालजङ्घान्सहैहयान् ॥ ३४ ॥ शकानां पह्लवानां च धर्मं निरसदच्युतः ॥ क्षत्रियाणां कुरुश्रेष्ठ पारदानां स धर्मवित् ॥ ३५ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि त्रिशङ्कुचरितकथनं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

जनमेजय उवाच ॥ कथं स सगरो जातो गरेणैव सहाच्युतः ॥ किमर्थं च शकादीनां क्षत्रियाणां महौजसाम् ॥ १ ॥ धर्मं कुलोचितं
क्रुद्धो राजा निरसदच्युतः ॥ एतन्मे सर्वमाचक्ष्व विस्तरेण तपोधन ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ बाहोर्व्यसनिनस्तात हृतं राज्यमभूत्किल ॥
हैहयैस्तालजंघैश्च शकैः सार्द्धं विशाम्पते ॥ ३ ॥ यवनाः पारदाश्चैव काम्बोजाः पह्लवाः खशाः ॥ एते ह्यपि गणाः पञ्च हैहयार्थे पराक्रमम् ॥ ४ ॥
हृतराज्यस्तदा राजा स वै बाहुर्वनं ययौ ॥ पत्न्या चानुगतो दुःखी स वै प्राणानवासृजत् ॥ ५ ॥ पत्नी तु यादवी तस्य सगर्भा पृष्ठतोऽन्वगात् ॥
सपत्न्या च गरस्तस्यै दत्तः पूर्वमभूत्किल ॥ ६ ॥ सा तु भर्तुश्चितां कृत्वा वने तामध्यरोहत ॥ और्वस्तां भार्गवस्तात कारुण्यात्समवारयत् ॥ ७ ॥

(राजा सगरकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे तपोधन! जब कि महाराज सगर विषके साथ उत्पन्न हुए थे, तब वे जीवित कैसे रहे? उन्होंने कुपित होकर शक आदि महाबलवान् क्षत्रियोंका कुलोचित धर्म क्यों लुप्त किया? आप कृपा करके मुझे विस्तारके साथ यह वृत्तान्त बताइए ॥१॥२॥ वैशम्पायनने कहा—राजन्! राजा बाहु द्यूत-पानादि व्यसनोंमें आसक्त हो गया था। इस कारण शक, यवन, पारद, काम्बोज और पह्लव इन पाँच राज्यके राजाओंने हैहय तथा तालजंघसे मिलकर अपने बाहुबलसे बाहुको राज्यच्युत करके उस राज्यपर अधिकार कर लिया ॥ ३ ॥ ४ ॥ इस प्रकार राज्य चले जानेपर राजा बाहु दुखी होकर पत्नीके साथ वनको चला गया और वहाँ ही मर गया ॥ ५ ॥ हे महाराज! पूर्वकालमें जब बाहुकी पत्नी स्वामीके साथ वनको चली थी, तब डाहवश उसकी सौतने उसे विष दे दिया था ॥६॥ पतिके मर जानेपर वह चिता लगाकर पतिके साथ सती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो जाना चाहती थी, किन्तु भृगुवंशी महर्षि और्वने दया करके उसे ऐसा करनेसे रोका ॥७॥ उनके आश्रमपर ही यादवीने विषके साथ-साथ महाबाहु राजा सगरको जन्म दिया ॥ ८ ॥ महर्षि और्वने महामना सगरका जातकर्म आदि संस्कार करके वेद-शास्त्र पढ़ाया और युद्धविद्याकी शिक्षा देकर उसे वह आग्नेयास्त्र प्रदान किया, जिसका झेलना देवताओंके लिए भी दुष्कर था। युद्धभूमिमें उस अस्त्रके बलसे सगरने हैहयोंको उसी प्रकार नष्ट कर दिया, जैसे क्रुद्ध होकर शिवजीने पशुओंका संहार कर दिया था। इससे उन्हें संसारमें विपुल कीर्ति प्राप्त हुई ॥९-११॥ इसके बाद वे शक, यवन, काम्बोज, पारद और पह्लव आदिको नष्ट करने चले ॥१२॥ वीर सगरके द्वारा निहत होते हुए वे राजे महर्षि वसिष्ठकी शरणमें गये और रक्षा करनेकी प्रार्थना की ॥१३॥ वसिष्ठने शरणागतकी रक्षाको मुख्य धर्म समझकर उन्हें अभयदान दे दिया और राजा सगरको उनका वध करनेसे रोका ॥ १४ ॥ गुरुकी बात मानकर महाराज

तस्याश्रमे च तं गर्भं गरेणैव सहाच्युतम् ॥ व्यजायत महाबाहुं सगरं नाम पार्थिवम् ॥ ८ ॥ और्वस्तु जातकर्मादि तस्य कृत्वा महात्मनः ॥ अध्याप्य वेदशास्त्राणि ततोऽस्त्रं प्रत्यपादयत् ॥ ९ ॥ आग्नेयं तं महाबाहुरमरैरपि दुःसहम् ॥ स तेनास्त्रबलेनाजौ बलेन च समन्वितः ॥ १० ॥ हैहयान्निजघानाशु क्रुद्धो रुद्रः पशूनिव ॥ आजहार च लोकेषु कीर्तिं कीर्तिमतां वरः ॥ ११ ॥ ततः शकान्सयवनान्काम्बोजान्पारदांस्तथा ॥ पह्लवांश्चैव निःशेषान्कर्तुं व्यवसितस्तदा ॥ १२ ॥ ते वध्यमाना वीरेण सगरेण महात्मना ॥ वसिष्ठं शरणं गत्वा प्रणिपेतुर्मनीषिणम् ॥ १३ ॥ वसिष्ठस्त्वथ तान्दृष्ट्वा समयेन महाद्युतिः ॥ सगरं वारयामास तेषां दत्त्वाऽभयं तदा ॥ १४ ॥ सगरः स्वां प्रतिज्ञां च गुरोर्वाक्यं निशम्य च ॥ धर्मं जघान तेषां वै वेषान्यत्वं चकार ह ॥ १५ ॥ अर्द्धं शकानां शिरसो मुण्डं कृत्वा व्यसर्जयत् ॥ यवनानां शिरः सर्वं काम्बोजानां तथैव च ॥ १६ ॥ पारदा मुक्तकेशाश्च पह्लवाः श्मश्रुधारिणः ॥ निःस्वाध्यायवषट्काराः कृतास्तेन महारथाः ॥ १७ ॥ शका यवनकाम्बोजाः पारदाश्च विशांपते ॥ कौलिसर्पाः समहिषा दार्वाश्चोलाः सकेरलाः ॥ १८ ॥ सर्वे ते क्षत्रियास्तात धर्मस्तेषां निराकृतः ॥ वसिष्ठवचनाद्राजन्सगरेण महात्मना ॥ १९ ॥ खशांस्तुषारांश्चोलांश्च मद्रान्किष्किन्धकांस्तथा ॥ कौन्तलांश्च तथा बङ्गान्साल्वान्कौंकणकांस्तथा ॥ २० ॥ स धर्मविजयी राजा विजित्येमां वसुन्धराम् ॥ अश्वं वै प्रेरयामास वाजिमेधाय दीक्षितः ॥ २१ ॥ तस्य चारयतः सोऽश्वः समुद्रे पूर्वदक्षिणे ॥ वेलासमीपेऽपहृतो भूमिं चैव

सगरने अपनी प्रतिज्ञाकी रक्षा करते हुए उन राजाओंका नाश न करके केवल उनका धर्म और वेश बदल दिया ॥ १५ ॥ तदनुसार शकोंको अर्धमुण्डित, यवनों तथा काम्बोजोंको मुण्डित, पारदोंको केशहीन तथा पह्लवोंको श्मश्रुधारी (दाढ़ीवाले) बना डाला। इनमेंसे किसीको भी वेदमंत्रोच्चारणका अधिकार नहीं रह गया ॥ १६ ॥ १७ ॥ हे राजन् जनमेजय ! महाराज सगरने गुरु वसिष्ठके कथनानुसार शत्रुका व्यापक वध बन्द करके शक, यवन, काम्बोज, पारद, पह्लव, कौलिसर्प, महिष, दार्व, चोल, केरल, खस, तुषार, मद्र, किष्किन्धक, कौन्तल, बङ्ग, साल्व और कौंकण आदि सभी जातिके राजाओंको परास्त करके धर्मभ्रष्ट कर दिया ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥ विजयी राजा सगरने इस प्रकार सारी वसुन्धराको जीतकर अश्वमेध यज्ञकी दीक्षा ली और यज्ञका घोड़ा छोड़कर स्वयं उसकी रक्षा करते हुए उसके पीछे-पीछे चले ॥ २१ ॥ वह घोड़ा जब अग्निकोणके समुद्र तटपर चला जा रहा था, उसी समय इन्द्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसे चुराकर पृथिवीके भीतर चले गये ॥ २२ ॥ तब राजा सगरने अपने पुत्रों द्वारा पृथिवीको खोदवाना प्रारम्भ किया। समुद्रतटको खोदते-खोदते सगरके पुत्रोंने देखा कि वहाँ आदिदेव, पुरुषोत्तम और प्रजापति साक्षात् विष्णुभगवान् योगमग्न कपिलदेवके रूपमें बैठे हुए हैं ॥२३॥२४॥ देखते ही सब सगरपुत्र उनके समीप जा पहुँचे और उनकी वह योगनिद्रा भंग कर दी। कपिलदेवके नेत्र खोलते ही भीषण आग निकली और उसी आगमें सगरके सभी पुत्र जल मरे। केवल बर्हकेतु, सुकेतु, धर्मरथ तथा पञ्चजन नामके चार पुत्र अवशिष्ट रह गये ॥ २५ ॥ २६ ॥ उस समय विष्णु भगवानने प्रकट होकर महाराज सगरको वरदान देते हुए कहा—राजन्! तुम्हारा वंश अक्षय होगा, तुम्हें स्थायी यश प्राप्त होगा, समुद्र तुम्हारा पुत्र होगा और अन्तकालमें तुम्हें तथा मेरे नेत्राग्निसे जले हुए तुम्हारे पुत्रोंको अविनाशी लोक प्राप्त होंगे ॥ २७ ॥ २८ ॥ भगवानके इस प्रकार वर प्रदान करते ही हाथोंमें अर्घ्य लिये हुए

प्रवेशितः ॥ २२ ॥ स तं देशं तदा पुत्रैः खानयामास पार्थिवः ॥ आसेदुस्ते ततस्तत्र खन्यमाने महार्णवे ॥ २३ ॥ तमादिपुरुषं देवं हरिं कृष्णं प्रजापतिम् ॥ विष्णुं कपिलरूपेण स्वपन्तं पुरुषोत्तमम् ॥ २४ ॥ तस्य चक्षुःसमुत्थेन तेजसा प्रतिबुध्यतः ॥ दग्धास्ते वै महाराज चत्वारस्त्ववशेषिताः ॥ २५ ॥ बर्हकेतुः सुकेतुश्च तथा धर्मरथो नृपः ॥ शूरः पञ्चजनो नाम तस्य वंशकरो नृपः ॥ २६ ॥ प्रादाच्च तस्मै भगवान्हरिर्नारायणो वरान् ॥ अक्षयं वंशमिक्ष्वाकोः कीर्तिं चाप्यनिवर्तनीम् ॥ २७ ॥ पुत्रं समुद्रं च विभुः स्वर्गवासं तथाऽक्षयम् ॥ पुत्राणां चाक्षयाँल्लोकांस्तस्य ये चक्षुषा हताः ॥ २८ ॥ समुद्रश्चार्घ्यमादाय ववन्दे तं महीपतिम् ॥ सागरत्वं च लेभे स कर्मणा तेन तस्य वै ॥ २९ ॥ तं चाश्वमेधिकं सोऽश्वं समुद्रादुपलब्धवान् ॥ आजहाराश्वमेधानां शतं स सुमहायशाः ॥ पुत्राणां च सहस्राणि षष्टिस्तस्येति नः श्रुतम् ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि सगरोत्पत्तिर्नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

जनमेजय उवाच ॥ सगरस्यात्मजा वीराः कथं जाता महात्मनः ॥ विक्रान्ताः षष्टिसाहस्रा विधिना केन वा द्विज ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ द्वे भार्ये सगरस्यास्तां तपसा दग्धकिल्बिषे ॥ ज्येष्ठा विदर्भदुहिता केशिनी नाम विश्रुता ॥ २ ॥ कनीयसी तु या तस्य पत्नी परमधर्मिणी ॥ अरिष्टनेमिदुहिता रूपेणाप्रतिमा भुवि ॥ ३ ॥ और्वस्ताभ्यां वरं प्रादात्तं निबोध जनाधिप ॥ षष्टिं पुत्रसहस्राणि गृह्णात्वेका तपस्विनी

समुद्र राजा सगरके समीप पहुँचा और उन्हें प्रणाम किया। महाराज सगरने उसी समय समुद्रको अपना पुत्र मान लिया। जिससे उसका 'सागर' नाम पड़ गया ॥ २९ ॥ महायशस्वी राजा सगरने समुद्रसे ही अपना यज्ञीय अश्व पाया और उनका सौ अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न हो गया। हे राजन्! मैंने सुना है कि राजा सगरके साठ हजार पुत्र थे ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

(आदित्यवंश वर्णन) जनमेजयने कहा—हे द्विजवर! महाराज सगरके महाबली और पराक्रमी साठ हजार पुत्र क्यों और कैसे हुए? ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—राजन्! महाराज सगरकी तपस्यासे परम पुनीत दो रानियाँ थीं। जिनमें विदर्भनरेशकी पुत्री केशिनी बड़ी थी ॥२॥ उनकी छोटी रानी भी बड़ी धर्मात्मा और सुन्दरी थी। वह अरिष्टनेमिकी पुत्री

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थी ॥ ३ ॥ एक दिन महर्षि और्वने उन दोनोंको बुलाकर कहा---तुममेंसे अपनी रुचिके अनुसार एक रानी साठ हजार और दूसरी केवल एक वंशधर पुत्र माँगे ॥ ४ ॥ उनमेंसे छोटी रानीने लोभवश साठ हजार तथा बड़ी रानीने केवल एक पुत्र माँगा। मुनिवर और्वने 'तथास्तु' कहकर उन्हें वर दे दिया। तदनुसार केशिनीके गर्भसे सगरके पुत्र असमंजसका जन्म हुआ ॥ ५ ॥ ६ ॥ असमंजसका दूसरा नाम पञ्चजन था। वह असाधारण पराक्रमी वीर था। छोटी रानीके गर्भसे बीजपूर्ण एक तुम्बी उत्पन्न हुई ॥७॥ हे राजन्! उस तुम्बीसे तिलके बराबर साठ हजार पुत्र उत्पन्न हुए। वे पुत्र धीरे-धीरे बढ़ने लगे ॥८॥ उनके पिता सगरने उनमेंसे एक-एक पुत्रको घीके घड़ेमें रखवा दिया और पालन-पोषणके लिए प्रत्येक पुत्रपर एक-एक धाय नियुक्त कर दी ॥ ९ ॥ दस मास बीतनेपर वे सभी बालक परिपुष्ट होकर पिताका आनन्द बढ़ाने लगे ॥ १० ॥ हे राजन् जनमेजय! इस प्रकार तुम्बीके गर्भसे सगरके साठ

॥ ४ ॥ एकं वंशधरं त्वेका यथेष्टं वरयत्विति ॥ तत्रैका जगृहे पुत्रांल्लुब्धा शूरान्बहूँस्तथा ॥ ५ ॥ एकं वंशधरं त्वेका तथेत्याह च तां मुनिः ॥ केशिन्यसूत सगराद्समञ्जसमात्मजम् ॥ ६ ॥ राजा पञ्चजनो नाम बभूव सुमहाबलः ॥ इतरा सुषुवे तुम्बीं बीजपूर्णामिति श्रुतिः ॥ ७ ॥ तत्र षष्टिसहस्राणि गर्भास्ते तिलसंमिताः ॥ संबभूवुर्यथाकालं ववृधुश्च यथाक्रमम् ॥ ८ ॥ घृतपूर्णेषु कुम्भेषु तान्गर्भान्निदधे पिता ॥ धात्रीश्चैकैकशः प्रादात्तावतीरेव पोषणे ॥ ९ ॥ ततो दशसु मासेषु समुत्तस्थुर्यथासुखम् ॥ कुमारास्ते यथाकालं सगरप्रीतिवर्धनाः ॥ १० ॥ षष्टिपुत्रसहस्राणि तस्यैवमभवन्नृप ॥ गर्भादलाबुमध्याद्वै जातानि पृथिवीपते ॥११॥ तेषां नारायणं तेजः प्रविष्टानां महात्मनाम् ॥ एकः पञ्चजनो नाम पुत्रो राजा बभूव ह ॥१२॥ सुतः पञ्चजनस्यासीदंशुमान्नाम वीर्यवान् ॥ दिलीपस्तनयस्तस्य खट्वाङ्ग इति विश्रुतः ॥१३॥ येन स्वर्गादिहागत्य मुहूर्तं प्राप्य जीवितम् ॥ त्रयोऽनुसंधिता लोका बुद्ध्या सत्येन चानघ ॥ १४ ॥ दिलीपस्य तु दायादो महाराजो भगीरथः ॥ यः स गङ्गां सरिच्छ्रेष्ठामवतारयत प्रभुः ॥ १५ ॥ कीर्तिमान्स महाभागः शक्रतुल्यपराक्रमः ॥ समुद्रमानयच्चैनां दुहितृत्वेन कल्पयत् ॥ तस्माद्भागीरथी गंगा कथ्यते वंशचिन्तकैः ॥ १६ ॥ भगीरथसुतो राजा श्रुत इत्यभिविश्रुतः ॥ नाभागस्तु श्रुतस्यासीत्पुत्रः परमधार्मिकः ॥ १७ ॥ अम्बरीषस्तु नाभागिः सिंधुद्वीपपिताऽभवत् ॥ अयुताजित्तु दायादः सिंधुद्वीपस्य वीर्यवान् ॥ १८ ॥ अयुताजित्सुतस्त्वासीदृतुपर्णो महायशाः ॥ दिव्याक्षहृदयज्ञो वै राजा

हजार पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ११ ॥ उन सभी राजपुत्रोंके शरीरमें नारायणका तेज समाया हुआ था। उनमेंसे एक अर्थात् पंचजन ही राज्यपदपर अभिषिक्त हुआ ॥ १२ ॥ पंचजनका वीर पुत्र अंशुमान हुआ। अंशुमान्के पुत्र दिलीप हुए। उनका एक नाम खट्वांग भी था ॥ १३ ॥ खट्वांग केवल मुहूर्त भरके लिए स्वर्गलोकसे धरातलमें आये थे और उतनी ही देरमें ध्यानबलसे उन्होंने सारी त्रिलोकीको ब्रह्ममयी समझ लिया था ॥ १४ ॥ दिलीपके पुत्र महाराज भगीरथ हुए। उन्होंने ही सरिद्वरा गङ्गाको पृथिवीपर अवतरित किया था ॥ १५ ॥ इन्द्रके तुल्य पराक्रमी और असाधारण यशस्वी भगीरथने गंगाको पुत्रीरूपमें पाया और उन्हें समुद्रतक पहुँचाया। इसी कारण वंशपरिचायक विद्वान् गंगाको भागीरथी कहते हैं ॥ १६ ॥ भगीरथका पुत्र श्रुत हुआ और श्रुतका परम धार्मिक पुत्र नाभाग हुआ ॥ १७ ॥ नाभागका अम्बरीष, अम्बरीषका सिन्धुद्वीप और सिन्धुद्वीपका पुत्र अयुताजित् हुआ ॥१८॥ अयुताजित्का

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुत्र ऋतुपर्ण हुआ। ऋतुपर्ण बड़ा यशस्वी और द्यूतक्रीड़ाका मर्मज्ञ था। राजा नलके साथ उसकी गहरी मित्रता थी ॥ १९ ॥ ऋतुपर्णके आर्तुपर्णि और उसका पुत्र सुदास हुआ। सुदास इन्द्रका मित्र था ॥२०॥ सुदासके पुत्रका नाम सौदास था। सौदास कल्याणपाद तथा मित्रसह नामसे भी विख्यात था ॥२१॥ कल्याणपादका पुत्र सर्वकर्मा और सर्वकर्माका पुत्र अनरण्य हुआ ॥ २२ ॥ अरण्यका पुत्र निघ्न और निघ्नके अनमित्र तथा रघु नामके दो पुत्र उत्पन्न हुए ॥ २३ ॥ अनमित्रके धर्मात्मा तथा विद्वान् दुलिदुह नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। दुलिदुहसे भगवान रामके प्रपितामह दिलीप उत्पन्न हुए ॥ २४ ॥ दिलीपके पुत्र रघु हुए और वे ही अयोध्याके राज्यसिंहासनपर आसीन हुए ॥ २५ ॥ रघुके पुत्र अज और अजके

नलसखो बली ॥ १९ ॥ ऋतुपर्णसुतस्त्वासीदार्तुपर्णिर्महीपतिः ॥ सुदासस्तस्य तनयो राजा त्विन्द्रसखोऽभवत् ॥ २० ॥ सुदासस्य सुतस्त्वासीत्सौदासो नाम पार्थिवः ॥ ख्यातः कल्माषपादो वै नाम्ना मित्रसहस्तथा ॥२१॥ कल्माषपादस्य सुतः सर्वकर्मेति विश्रुतः ॥ अनरण्यस्तु पुत्रोऽभूद्विश्रुतः सर्वकर्मणः ॥ २२ ॥ अनरण्यसुतो निघ्नो निघ्नपुत्रौ बभूवतुः ॥ अनमित्रो रघुश्चैव पार्थिवर्षभसत्तमौ ॥ २३ ॥ अनमित्रस्य धर्मात्मा विद्वान्दुलिदुहोऽभवत् ॥ दिलीपस्तनयस्तस्य रामस्य प्रपितामहः ॥ २४ ॥ दीर्घबाहुर्दिलीपस्य रघुर्नाम्नाऽभवत्सुतः ॥ अयोध्यायां महाराजो रघुश्चासीन्महाबलः ॥ २५ ॥ अजस्तु रघुतो जज्ञे अजाद्दशरथोऽभवत् ॥ रामो दशरथाज्जज्ञे धर्मात्मा सुमहायशाः ॥ २६ ॥ रामस्य तनयो जज्ञे कुश इत्यभिविश्रुतः ॥ अतिथिस्तु कुशाज्जज्ञे निषधस्तस्य चात्मजः ॥ २७ ॥ निषधस्य नलः पुत्रो नभः पुत्रो नलस्य तु ॥ नभस्य पुण्डरीकस्तु क्षेमधन्वा ततः स्मृतः ॥ २८ ॥ क्षेमधन्वसुतस्त्वासीद्देवानीकः प्रतापवान् ॥ आसीदहीनगुर्नाम देवानीकसुतः प्रभुः ॥२९॥ अहीनगोस्तु दायादः सुधन्वा नाम पार्थिवः ॥ सुधन्वनः सुतश्चैव ततो जज्ञेऽनलो नृपः ॥ ३० ॥ उक्थो नाम स धर्मात्माऽनलपुत्रो बभूव ह ॥ वज्रनाभः सुतस्तस्य ऊक्थस्य च महात्मनः ॥ ३१ ॥ शंखस्तस्य सुतो विद्वान्व्युषिताश्व इति श्रुतः ॥ पुष्यस्तस्य सुतो विद्वानर्थसिद्धिस्तु तत्सुतः ॥ ३२ ॥ सुदर्शनः सुतस्तस्य अग्निवर्णः सुदर्शनात् ॥ अग्निवर्णस्य शीघ्रस्तु शीघ्रस्य च मरुः सुतः ॥ ३३ ॥ मरुस्तु योगमास्थाय कलापद्वीपमास्थितः ॥ तस्यासीद्विश्रुतवतः पुत्रो राजा बृहद्बलः ॥ ३४ ॥ नलौ द्वावेव विख्यातौ पुराणे भरतर्षभ ॥ वीरसेनात्मजश्चैव यश्चैक्ष्वाकुकुलोद्वहः

पुत्र दशरथ हुए। दशरथके धर्मात्मा तथा परम यशस्वी पुत्र राम हुए ॥२६॥ रामके पुत्र कुश, कुशके अतिथि तथा अतिथिके निषध नामका पुत्र उत्पन्न हुआ ॥ २७ ॥ निषधके नल, नलके नभ, नभके पुण्डरीक और पुण्डरीकके पुत्र क्षेमधन्वा हुए ॥२८॥ क्षेमधन्वाका पुत्र देवानीक और देवानीकका पुत्र अहीनगु हुआ ॥ २९ ॥ अहीनगुका पुत्र सुधन्वा और सुधन्वाका पुत्र अनल हुआ ॥३०॥ अनलका पुत्र धर्मात्मा उक्थ, उक्थका पुत्र वज्रनाभ और वज्रनामका पुत्र शंख हुआ। शंखका दूसरा नाम व्युषिताश्व था। शंखका पुत्र पुष्य और पुष्यका विद्वान् पुत्र अर्थसिद्धि हुआ ॥३१॥३२॥ अर्थसिद्धिका पुत्र सुदर्शन, सुदर्शनका पुत्र अग्निवर्ण, अग्निवर्णका पुत्र शीघ्र और शीघ्रका पुत्र मरु हुआ ॥ ३३ ॥ मरु कलापद्वीपमें जाकर योगाभ्यास करने लगा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था। शास्त्रज्ञानसम्पन्न मरुका पुत्र बृहद्वल हुआ ॥ ३४ ॥ पुराणोंमें नल नामके दो राजाओंका वर्णन मिलता है । जिनमें एक नल वीरसेनका पुत्र और दूसरा इक्ष्वाकुवंशी था ॥ ३५ ॥ हे राजन् जनमेजय ! इस प्रकार मैंने प्रधान-प्रधान इक्ष्वाकुवंशी राजाओंका नाम कह सुनाया। ये अतुल तेजस्वी सभी राजे सूर्यवंशी थे ॥ ३६ ॥ प्रजाजनोंको पुष्टिदायक श्राद्धदेवके वंशावलीका पाठ करनेवाले लोग निष्पाप, आयुष्मान् और पुत्रवान् होकर अन्तमें आदित्यलोक प्राप्त करते हैं ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

(पितृकल्पका वर्णन) जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! अदितिके गर्भसे उत्पन्न सूर्य श्राद्धदेव कैसे हुए ? श्राद्धकी विधि क्या है और पितृलोककी उत्पत्ति किस प्रकार हुई ? ॥ १ ॥

॥ ३५ ॥ इक्ष्वाकुवंशप्रभवाः प्राधान्येनेह कीर्तिताः ॥ एते विवस्वतो वंशे राजानो भूरितजसः ॥ ३६ ॥ पठन्सम्यगिमां सृष्टिमादित्यस्य विवस्वतः ॥ श्राद्धदेवस्य देवस्य प्रजानां पुष्टिदस्य च ॥ ३७ ॥ प्रजावानेति सायुज्यमादित्यस्य विवस्वतः ॥ विपाप्मा विरजाश्चैव आयुष्मांश्च भवत्युत ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि आदित्यवंशानुकीर्तनं नाम पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

जनमेजय उवाच ॥ कथं वै श्राद्धदेवत्वमादित्यस्य विवस्वतः ॥ श्रोतुमिच्छामि विप्राग्र्य श्राद्धस्य च परं विधिम् ॥ १ ॥ पितृणामादिसर्गं च क एते पितरः स्मृताः ॥ एवं च श्रुतमस्माभिः कथ्यमानं द्विजातिभिः ॥ २ ॥ स्वर्गस्थाः पितरो ये च देवानामपि देवताः ॥ इति वेदविदः प्राहुरेतदिच्छामि वेदितुम् ॥ ३ ॥ ये च तेषां गणाः प्रोक्ता यच्च तेषां बलं परम् ॥ यथा च कृतमस्माभिः श्राद्धं प्रीणाति वै पितॄन् ॥ ४ ॥ प्रीताश्च पितरो येन श्रेयसा योजयन्ति हि ॥ एवं वेदितुमिच्छामि पितॄणां सर्गमुत्तमम् ॥ ५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ हन्त ते कथयिष्यामि पितॄणां सर्गमुत्तमम् ॥ यथा च कृतमस्माभिः श्राद्धं प्रीणाति वै पितॄन् ॥ प्रीताश्च पितरो ये स्म श्रेयसा योजयन्ति हि ॥ ६ ॥ मार्कण्डेयेन कथितं भीष्माय परिपृच्छते ॥ अपृच्छद्धर्मराजो हि शरतल्पगतं पुरा ॥ एवमेव पुरा प्रश्नं यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ ७ ॥ तत्तेऽनुपूर्व्या वक्ष्यामि भीष्मेणोदाहृतं तथा ॥ गीतं सनत्कुमारेण मार्कण्डेयाय पृच्छते ॥ ८ ॥ युधिष्ठिर उवाच ॥ पुष्टिकामेन धर्मज्ञ कथं पुष्टिरवाप्यते ॥ एतद्वै

मैंने वेदवेत्ता ब्राह्मणोंके मुखसे सुना था कि पितर सदा स्वर्गमें निवास करते हैं और वे देवताओंके भी देवता हैं। यह मैं भली-भाँति जानना चाहता हूँ ॥ २ ॥ ३ ॥ वे पितृगण कौन हैं ? उनमें क्या पुरुषार्थ है ? और किस प्रकारका किया हुआ श्राद्ध पितरोंको प्रसन्न करता है ? ॥ ४ ॥ किस विधिसे प्रसन्न होकर वे लोगोंका कल्याण करते हैं ? यह सब वृत्तान्त मैं जानना चाहता हूँ ॥ ५ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पितृलोककी उत्पत्ति और जिस प्रकार श्राद्ध करनेसे पितर लोग तृप्त होते हैं तथा प्रसन्न होकर वे किस तरह हमें शान्ति देते हैं, यह बता रहा हूँ ॥ ६ ॥ पूर्वकालमें सनत्कुमारने मार्कण्डेयको, मार्कण्डेयने भीष्मपितामहको और शरशय्यापार सोते हुए भीष्मने युधिष्ठिरको जिस तरह यह प्रसङ्ग सुनाया था, ठीक उसी तरह मैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आपको सुना रहा हूँ ॥ ७ ॥ ८ ॥ युधिष्ठिरने भीष्मसे कहा—हे पितामह ! आत्मपरिपुष्टि चाहनेवाले लोग किस प्रकार पुष्टिलाभ करते हैं और क्या करनेसे प्राणीको पछताना नहीं पड़ता? ॥ ९ ॥ भीष्म बोले—हे धर्मराज ! जो पितरोंको प्रसन्न करनेके कार्यमें तत्पर होकर वांछित फलप्राप्तिके निमित्त श्राद्धकर्मके द्वारा उन्हें तृप्त करते हैं, वे इहलोक तथा परलोक दोनों जगह सुख प्राप्त करनेमें समर्थ होते हैं ॥ १० ॥ वे पितर धर्म चाहनेवालोंको धर्म, पुत्र चाहनेवालोंको पुत्र एवं पुष्टि चाहनेवालोंको पुष्टि प्रदान करते हैं ॥ ११ ॥ युधिष्ठिरने कहा—हे पूज्य पितामह ! सभी देहधारी प्राणियोंको अपने किये कर्मोंका फल भोगना पड़ता है। अतएव कुछ लोगोंके पितर स्वर्ग और कुछके पितर नरकलोकमें निवास करते हैं। इधर सभी मनुष्य फलप्राप्तिकी अभिलाषासे पिता, पितामह तथा प्रपितामहका श्राद्ध करते और पिण्ड देते हैं। तब विभिन्न लोकोंमें स्थित पितर उस श्राद्धप्रदत्त पिण्डको कैसे पाते हैं ॥ १२–१४ ॥ ऐसी

श्रोतुमिच्छामि किं कुर्वाणो न शोचति ॥ ९ ॥ भीष्म उवाच ॥ श्राद्धैः प्रीणाति हि पितॄन्सर्वकामफलैस्तु यः ॥ तत्परः प्रयतः श्राद्धी प्रेत्य चेह च मोदते ॥ १० ॥ पितरो धर्मकामस्य प्रजाकामस्य च प्रजाम् ॥ पुष्टिकामस्य पुष्टिं च प्रयच्छन्ति युधिष्ठिर ॥ ११ ॥ युधिष्ठिर उवाच ॥ वर्त्तन्ते पितरः स्वर्गे केषांचिन्नरके पुनः ॥ प्राणिनां नियतं ह्युक्तं कर्मजं फलमुच्यते ॥ १२ ॥ श्राद्धानि चैव कुर्वन्ति फलकामाः सदा नराः ॥ अभिसन्धाय पितरं पितुश्च पितरं तथा ॥ १३ ॥ पितुः पितामहं चैव त्रिषु पिंडेषु नित्यशः ॥ तानि श्राद्धानि दत्तानि कथं गच्छन्ति वै पितॄन् ॥ १४ ॥ कथं च शक्तास्ते दातुं नरकस्थाः कथं पुनः ॥ के वा ते पितरोऽन्ये स्म कान् यजामो वयं पुनः ॥ १५ ॥ देवा अपि पितॄन्स्वर्गे यजन्तीति च नः श्रुतम् ॥ एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं विस्तरेण महाद्युते ॥ १६ ॥ स भवान्कथयत्वेतां कथाममितबुद्धिमान् ॥ यथा दत्तं पितॄणां वै तारणायेह कल्पते ॥ १७ ॥ भीष्म उवाच ॥ अत्र ते कीर्तयिष्यामि यथाश्रुतमरिंदम ॥ ये च ते पितरोऽन्ये स्म यान्यजामो वयं पुनः ॥ पित्रा मम पुरा गीतं लोकान्तरगतेन वै ॥ १८ ॥ श्राद्धकाले मम पितुर्मया पिण्डः समुद्यतः ॥ तं पिता मम हस्तेन भित्वा भूमिमयाचत ॥ १९ ॥ हस्ताभरणपूर्णेन केयूराभरणेन च ॥ रक्तांगुलितलेनाथ यथा दृष्टः पुरा मया ॥ २० ॥ नैष कल्पे विधिर्दृष्ट इति संचिन्त्य चाप्यहम् ॥ कुशेष्वेव ततः पिण्डं

दशामें नरकनिवासी पितर अभीष्ट फल प्रदान करनेमें कैसे समर्थ होते हैं। कौनसे पितर स्वर्गमें और कौनसे पितर नरकमें रहते हैं? हम लोग किस लिए पितृयज्ञ करें? ॥ १५ ॥ मैंने सुना है कि स्वर्गके देवता भी पितृश्राद्ध करते हैं। हे महातेजस्वी ! इस विषयको मैं विस्तारके साथ सुनना चाहता हूँ। किस प्रकार पिण्डदान करनेसे पितरोंका उद्धार होता है।।१६॥१७॥ भीष्म बोले—पितरोंमें जो पितर स्वर्ग तथा जो पितर नरकवासी हैं और जिनके उद्देश्यसे हमलोग श्राद्ध करते हैं, उनके विषयमें अपने परलोकवासी पिता शन्तनुके मुखसे मैंने जो सुना था, वह कह रहा हूँ ॥१८॥ उन्होंने कहा—एक दिन मैं पितृश्राद्धके समय पिण्डदान कर रहा था, उसी समय मेरे पिता भूमिसे बाहर निकले और केयूर आदि हाथके आभूषणोंसे आभूषित अपना एक लाल हथेलीवाला हाथ फैलाकर मुझसे वह पिण्ड माँगने लगे ॥ १९ ॥ २० ॥ मैंने शास्त्रोंमें किसीके हाथपर पिण्ड देनेकी विधि नहीं देखी थी, इसलिए बिना कुछ सोचे वह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पिण्ड कुशपर रख दिया ॥ २१ ॥ तब अतिशय प्रसन्न होकर मधुर वाणीमें उन्होंने कहा—वत्स ! तुम्हींसे मैं अपनेको पुत्रवान् समझता हूँ। तुम्हारे जैसे सपूत, धर्मात्मा तथा विद्वान् पुत्रके द्वारा ही मैं इहलोक और परलोकमें कृतार्थ हुआ हूँ ॥ २२ ॥ २३ ॥ यह तो मैंने जिज्ञासावश हाथ फैलाया था और यह भी इच्छा थी कि इस व्यवहार द्वारा संसारी लोगोंको धार्मिक व्यवस्था मिल जाय ॥ २४ ॥ जिस तरह धर्मके रक्षकको धर्मका चतुर्थांश प्राप्त होता है, उसी प्रकार धर्मपराङ्मुख लोगोंको पापका चतुर्थांश मिलता है ॥ २५ ॥ धर्माचरणके विषयमें राजा जैसा आचरण करता है, प्रजा भी उसे स्थिर सिद्धान्त मानकर वैसा ही करती है ॥ २६ ॥ हे भरतश्रेष्ठ ! तुमने वेदोक्त शाश्वत धर्मका भली-भाँति पालन किया है। इस कारण मैं तुमपर बहुत प्रसन्न हूँ ॥ २७ ॥ अब मैं तुम्हें त्रिलोकदुर्लभ वर प्रदान कर रहा हूँ। उसे स्वीकार करो ॥ २८॥ तुम जबतक जीवित रहना चाहोगे, तबतक मृत्यु तुम्हारा स्पर्श

दत्तवानविचारयन् ॥ २१ ॥ ततः पिता मे सुप्रीतो वाचा मधुरया तदा ॥ उवाच भरतश्रेष्ठ प्रीयमाणो मयाऽनघ ॥ २२ ॥ त्वया दायादवानस्मि कृतार्थोऽमुत्र चेह च ॥ सत्पुत्रेण त्वया पुत्र धर्मज्ञेन विपश्चिता ॥ २३ ॥ मया तु तव जिज्ञासा प्रयुक्तेषा दृढव्रत ॥ व्यवस्थानं तु धर्मेषु कर्तुं लोकस्य चानघ ॥ २४ ॥ यथा चतुर्थं धर्मस्य रक्षिता लभते फलम् ॥ पापस्य हि तथा मूढः फलं प्राप्नोत्यरक्षिता ॥ २५ ॥ प्रमाणं यद्धि कुरुते धर्माचारेषु पार्थिवः ॥ प्रजास्तदनुवर्त्तन्ते प्रमाणाचरितं सदा ॥ २६ ॥ त्वया च भरतश्रेष्ठ वेदधर्माश्च शाश्वताः ॥ कृताः प्रमाणं प्रीतिश्च मम निर्वर्तिताऽतुला ॥ २७ ॥ तस्मात्तवाहं सुप्रीतः प्रीत्या वरमनुत्तमम् ॥ ददामि तं प्रतीच्छ त्वं त्रिषु लोकेषु दुर्लभम् ॥ २८ ॥ न ते प्रभविता मृत्युर्यावज्जीवितुमिच्छसि ॥ त्वत्तोऽभ्यनुज्ञां संप्राप्य मृत्युः प्रभविता तव ॥२९॥ किं वा ते प्रार्थितं भूयो ददामि वरमुत्तमम् ॥ तद्ब्रूहि भरतश्रेष्ठ यत्ते मनसि वर्त्तते ॥ ३० ॥ इत्युक्तवन्तं तमहमभिवाद्य कृताञ्जलिः ॥ अब्रुवं कृतकृत्योऽहं प्रसन्ने त्वयि सत्तम ॥ ३१ ॥ यदि त्वनुग्रहं भूयस्त्वत्तोऽर्हामि महाद्युते ॥ प्रश्नमिच्छामि वै किञ्चिद्व्याहृतं भवता स्वयम् ॥ ३२ ॥ स मामुवाच धर्मात्मा ब्रूहि भीष्म यदीच्छसि ॥ छेत्ताऽस्मि संशयं तात यन्मां पृच्छसि भारत ॥ ३३ ॥ अपृच्छं तमहं तातं तत्रान्तर्हितमेव च ॥ गतं सुकृतिनां लोकं कौतूहलसमन्वितः ॥ ३४ ॥ भीष्म उवाच ॥ श्रूयन्ते पितरो देवा देवानामपि देवताः ॥ देवाश्च पितरोऽन्ये वा कान् यजामो वयं पुनः ॥ ३५ ॥ कथं च दत्तमस्माभिः श्राद्धं प्रीणात्यथो पितॄन् ॥

नहीं कर सकेगी। तुम्हारी आज्ञा पाकर ही वह तुमपर प्रभाव डाल पायेगी ॥ २९ ॥ इसके अतिरिक्त तुम्हारी और भी जो इच्छा हो, मुझसे वर माँग लो ॥ ३० ॥ उनके ऐसा कहनेपर हाथ जोड़कर मैंने कहा—हे तात ! आपके प्रसन्न होनेसे ही मैं कृतार्थ हो गया ॥ ३१ ॥ फिर भी आप कोई अन्य वर देनेके लिए उत्सुक हैं तो मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछता हूँ। आप उत्तर दें ॥ ३२ ॥ मेरे धर्मात्मा पिताने कहा—भीष्म ! तुम्हारी जो इच्छा हो, वह पूछो। मैं तुम्हारा संशय दूर कर दूँगा ॥ ३३ ॥ तदनन्तर अप्रत्यक्षरूपसे विद्यमान एवं धर्मात्माओंके लोकमें गये हुए पितासे मैंने कौतूहलपूर्वक कहा ॥ ३४ ॥ भीष्म बोले—पिताजी ! ऐसा सुना जाता है कि देवताओं तथा पितरोंमें कुछ भी अन्तर नहीं है। ऐसी दशामें हम किसकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूजा करें ? देवताओंकी या पितरोंकी ? ॥ ३५ ॥ हमलोगोंका दिया हुआ पिण्डदान परलोकगत पितरोंको कैसे प्राप्त होता है और श्राद्धका क्या फल है ? ॥ ३६ ॥ देवता, मनुष्य, दानव, यक्ष, नाग, गन्धर्व, किन्नर तथा सर्पगण किसका पूजन करते हैं ? ॥ ३७ ॥ इस विषयमें मुझे बहुत बड़ा संशय और कौतूहल है। आप सर्वज्ञ हैं। इसलिए मेरे सन्देहका निराकरण करिए। यह वचन सुनकर भीष्मके पिता बोले—हे भारत ! जिस प्रकार पितरोंकी उत्पत्ति हुई और जिस प्रकार श्राद्ध करनेसे फलप्राप्ति होती है और श्राद्धका प्रयोजन क्या है, यह सब बातें मैं संक्षेपमें तुम्हें बताता हूँ, एकाग्रचित्तसे सुनो। हे तात ! स्वर्गके सब देवता ब्रह्माके पुत्र हैं ॥ ३८–४० ॥ देवता, असुर, मनुष्य, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर और महोरग ये सब पितरोंके उद्देश्यसे पितृयज्ञ करते हैं। क्योंकि ब्रह्माका ऐसा अनुशासन है कि पितृयज्ञसे पितर तृप्त होते हैं और तृप्त होकर वे संसारको तृप्त करते हैं ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ अतएव हे महाभाग ! तुम

लोकान्तरगतांस्तात किन्नु श्राद्धस्य वा फलम् ॥ ३६ ॥ कान् यजन्ति स्म लोका वै सदेवनरदानवाः ॥ सयक्षोरगगन्धर्वाः सकिन्नरमहोरगाः ॥ ३७ ॥ अत्र मे संशयस्तीव्रः कौतूहलमतीव च ॥ तद्ब्रूहि मम धर्मज्ञ सर्वज्ञो ह्यसि मे मतः ॥ एतच्छ्रुत्वा वचस्तस्य भीष्मस्योवाच वै पिता ॥ ३८ ॥ शन्तनुरुवाच ॥ संक्षेपेणैव ते वक्ष्ये यन्मां पृच्छसि भारत ॥ पितरश्च यथोद्भूताः फलं तत्तस्य चानघ ॥ ३९ ॥ पितॄणां कारणं श्राद्धे शृणु सर्वं समाहितः ॥ आदिदेवसुतास्तात पितरो दिवि देवताः ॥ ४० ॥ तान् यजन्ति स्म वै लोकाः सदेवासुरमानुषाः ॥ सयक्षोरगन्धर्वाः सकिन्नरमहोरगाः ॥ ४१ ॥ आप्यायिताश्च ते श्राद्धे पुनराप्याययन्ति च ॥ जगत्सदेवगन्धर्वमिति ब्रह्मानुशासनम् ॥ ४२ ॥ तान् यजस्व महाभाग श्राद्धैरग्र्यैरतन्द्रितः ॥ ते ते श्रेयो विधास्यन्ति सर्वकामफलप्रदाः ॥ ४३ ॥ त्वया चाराध्यमानास्ते नामगोत्रादिकीर्त्तनैः ॥ अस्मानाप्याययिष्यन्ति स्वर्गस्थानपि भारत ॥ ४४ ॥ मार्कण्डेयस्य ते शेषमेतत्सर्वं प्रवक्ष्यति ॥ एष वै पितृभक्तश्च विदितात्मा च भारत ॥ ४५ ॥ उपस्थितश्च श्राद्धेऽद्य ममैवानुग्रहाय वै ॥ एनं पृच्छ महाभागमित्युक्त्वाऽन्तरधीयत ॥ ४६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशपर्वणि श्राद्धकल्पप्रसङ्गो नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

भीष्म उवाच ॥ ततोऽहं तस्य वचनान्मार्कण्डेयं समाहितः ॥ प्रश्नं तमेवान्वपृच्छं यन्मे पृष्टः पुरा पिता ॥ १ ॥ स मामुवाच धर्मात्मा

निरलस भावसे उच्च कोटिके श्राद्धसे उनका यजन करो। वे तुम्हारी सब कामनायें पूर्ण करके तुम्हारा कल्याण करेंगे ॥ ४३ ॥ नाम-गोत्र आदिका उच्चारण करके जब तुम उनकी आराधना करोगे तो हम स्वर्गवासी देवता भी प्रसन्न हो जायँगे ॥४४॥ आज सुविख्यात पितृभक्त मार्कण्डेय मुनि हमपर अनुग्रह करके यहाँ आये हुए हैं। शेष बातें ये ही तुम्हें बतायेंगे। यह कहकर मेरे पिता वहाँ ही अन्तर्धान हो गये ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षोडशोऽध्यायः ॥१६॥

(पितृकल्पवर्णन) भीष्म बोले—हे धर्मराज ! इसके बाद पिताजीके निर्देशानुसार मैंने महर्षि मार्कण्डेयसे वही प्रश्न पूछा, जो उनसे पूछा था ॥ १ ॥ धर्मात्मा और महातपस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मार्कण्डेयने कहा——हे भीष्म ! मैं तुम्हें सभी बातें बताऊँगा। सावधानीके साथ सुनो ॥ २ ॥ पूर्वकालमें मैंने पितरोंकी कृपासे दीर्घायु एवं पितृभक्तिसे महान् यश पाया था ॥ ३ ॥ पूर्वसमय सुमेरु पर्वतपर जाकर मैंने अतिकठोर तप करते हुए कितने ही युग-युगान्तर व्यतीत कर दिये ॥ ४ ॥ एक दिन मैंने देखा कि समस्त गगनमण्डलको प्रकाशित करता हुआ एक विमान उत्तर दिशासे आ रहा है ॥ ५ ॥ इसके बाद जब वह विमान समीप आया तो देखा कि विमानके ऊपरी भागसे सूर्य और अग्निके सदृश तेजस्वी अंगूठेके बराबर बड़ा एक पुरुष शय्यापर सोया हुआ है। उसे देखकर ऐसा जान पड़ा कि मानो अग्निपर अग्नि रक्खा हुआ है। इसके बाद उसके आते ही मैंने मस्तक नवाकर प्रणाम किया और पाद्य-अर्घ्य आदि सामग्रियोंसे विमानपर ही उसकी पूजा की। तदनन्तर उस दुर्धर्ष पुरुषसे पूछा——भगवन् ! आप मेरे तपोबलसे ही यहाँ आये हैं। आप तपोबलसे उत्पन्न साक्षात् विष्णुगुणात्मक नारायण

मार्कण्डेयो महातपाः ॥ भीष्म वक्ष्यामि कार्त्स्न्येन शृणुष्व प्रयतोऽनघ ॥ २ ॥ अहं पितृप्रसादाद्वै दीर्घायुष्यमवाप्तवान् ॥ पितृभक्त्यैव लब्धं च प्राग्लोके परमं यशः ॥ ३ ॥ सोऽहं युगस्य पर्यन्ते बहुवर्षसहस्रिके ॥ अधिरुह्य गिरिं मेरुं तपोऽतप्यं सुदुश्चरम् ॥ ४ ॥ ततः कदाचित्पश्यामि दिवं प्रज्वाल्य तेजसा ॥ विमानं महदायान्तमुत्तरेण गिरेस्तदा ॥ ५ ॥ तस्मिन्विमाने पर्यङ्के ज्वलितादित्यसन्निभम् ॥ अपश्यं तत्र चैवाहं शयानं दीप्ततेजसम् ॥ ६ ॥ अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषमग्नावग्निमिवाहितम् ॥ सोऽहं तस्मै नमस्कृत्य प्रणम्य शिरसा विभुम् ॥ ७ ॥ सन्निविष्टं विमानस्थं पाद्यार्घाभ्यामपूजयम् ॥ अपृच्छं चैव दुर्धर्षं विद्याम त्वां कथं विभो ॥ ८ ॥ तपोवीर्यात्समुत्पन्नं नारायणगुणात्मकम् ॥ दैवतं ह्यसि देवानामिति मे वर्त्तते मतिः ॥ ९ ॥ स मामुवाच धर्मात्मा स्मयमान इवानघ ॥ न ते तपः सुचरितं येन मां नावबुध्यसे ॥ १० ॥ क्षणेनैव प्रमाणं स बिभ्रदन्यदनुत्तमम् ॥ रूपेण न मया कश्चिद्दृष्टपूर्वः पुमान्कचित् ॥ ११ ॥ सनत्कुमार उवाच ॥ विद्धि मां ब्रह्मणः पुत्रं मानसं पूर्वजं विभोः ॥ तपोवीर्यसमुत्पन्नं नारायणगुणात्मकम् ॥ १२ ॥ सनत्कुमार इति यः श्रुतो वेदेषु वै पुरा ॥ सोऽस्मि भार्गव भद्रं ते कं कामं करवाणि ते ॥ १३ ॥ ये त्वन्ते ब्रह्मणः पुत्रा यवीयांसस्तु ते मम ॥ भ्रातरः सप्त दुर्धर्षास्तेषां वंशाः प्रतिष्ठिताः ॥१४॥ क्रतुर्वसिष्ठः पुलहः पुलस्त्योऽत्रिस्तथाङ्गिराः ॥ मरीचिस्तु तथा धीमान्देवगन्धर्वसेविताः ॥ त्रींल्लोकान्धारयन्तीमान्देवगन्धर्वपूजिताः ॥ १५ ॥ वयं तु यतिधर्माणः संयोज्यात्मानमात्मनि ॥

जैसे दिखाई दे रहे हैं। मेरी बुद्धि कहती है कि आप देवताओंके भी देवता हैं ॥ ६–९ ॥ तब उस धर्मात्माने गर्वसे मुसकराकर कहा—जब तुम मुझे पहचानते नहीं तो निश्चय ही तुम्हारी तपस्या अभी पूर्ण नहीं हुई है ॥१०॥ यह बात कहकर उन्होंने दिव्य पुरुषका रूप धारण कर लिया। वैसा रूप-लावण्यसम्पन्न सुन्दर पुरुष मैंने कभी नहीं देखा था ॥ ११ ॥ सनत्कुमार बोले—मैं ब्रह्माके तप तथा वीर्यसे सर्वप्रथम उत्पन्न उनका मानस पुत्र तथा नारायणका सत्त्वगुणात्मक स्वरूप हूँ ॥१२॥ तुमने वेदोंमें सनत्कुमारका नाम सुना होगा। हे भार्गव ! मैं वही सनत्कुमार हूँ। हे भद्र ! तुम्हारा कल्याण हो। बोलो, मैं तुम्हारा क्या उपकार करूँ ? ॥१३॥ हमारे जो अन्य भ्राता हैं, वे सब मुझसे छोटे हैं। मेरे सात भाइयोंकी दुर्धर्ष वंशावली विद्यमान है। वे हैं—क्रतु, वसिष्ठ, पुलह, पुलस्त्य, अत्रि, अङ्गिरा तथा मरीचि। वे सभी असाधारण विद्वान् हैं और देवताओं तथा गन्धर्वों द्वारा पूजित होते हुए तीनों लोकोंको धारण करते हैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥१४॥१५॥ हम सनकादि चारों भाई यतिधर्मका अवलम्बन किये हुए हैं। हे महामुने! प्रजाधर्म तथा कामका मोह त्यागकर हमने ब्रह्म-आत्मसंयोग कर लिया है ॥१६॥ अतएव मैं जिस अवस्थामें उत्पन्न हुआ था, आज भी मैं उसी रूपमें विद्यमान हूँ। मेरा नाम सनत्कुमार है ॥ १७ ॥ मेरी भक्ति करते हुए मेरे दर्शनकी कामनासे तुमने घोर तपस्या की है। इसीसे मैं तुम्हारे समक्ष प्रकट हुआ हूँ। बताओ, मैं तुम्हारी कौनसी कामना पूर्ण करूँ ॥ १८ ॥ भगवान् सनत्कुमारने प्रसन्न होकर जब मुझे ऐसी अनुमति दे दी, तब मैंने उनसे पितरोंकी उत्पत्ति और श्राद्धका फल पूछा। पूछनेपर उन्होंने मेरा सब संशय दूर कर दिया। अनेक कथोपकथनके बाद उन्होंने कहा—हे विप्रर्षे! तुम्हारे प्रश्नोंको सुनकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई है। अब मैं इस विषयको विशदरूपसे बता रहा हूँ। सुनो ॥ १९–२१ ॥ सनत्कुमार बोले—हे मुनिवर! पूर्वकालमें ब्रह्माजीने यह सोचकर देवादिकोंकी सृष्टि की थी कि वे लोग मेरी ही उपासना करेंगे। किन्तु वैसा नहीं हुआ। वे लोग विविध फलोंकी प्राप्तिके लिए प्रयत्न करने लगे ॥ २२ ॥ तब लोकपिता ब्रह्माने उन्हें शाप देते हुए कहा—'अरे मूढ़! तुम लोग

प्रजा धर्मं च कामं च व्यपहाय महामुने ॥ १६ ॥ यथोत्पन्नस्तथैवाहं कुमार इति विद्धि माम् ॥ तस्मात्सनत्कुमारेति नामैतन्मे प्रतिष्ठितम् ॥ १७ ॥ मद्भक्त्या ते तपश्चीर्णं मम दर्शनकांक्षया ॥ एष दृष्टोऽस्मि भवता कं कामं करवाणि ते ॥ १८ ॥ इत्युक्तवन्तं तमहं प्रत्यवोचं सनातनम् ॥ अनुज्ञातो भगवता प्रीयमाणेन भारत ॥ १९ ॥ ततोऽहमेनमर्थं वै तमपृच्छं सनातनम् ॥ पृष्टः पितॄणां सर्गं च फलं श्राद्धस्य चानघ ॥ २० ॥ चिच्छेद संशयं भीष्मः स तु देवेश्वरो मम ॥ स मामुवाच धर्मात्मा कथान्ते बहुवार्षिके ॥ रमे त्वयाऽहं विप्रर्षे शृणु सर्वं यथातथम् ॥ २१ ॥ देवानसृजत ब्रह्मा मां यक्ष्यन्तीति भार्गव ॥ तमुत्सृज्य तथाऽऽत्मानमयजंस्ते फलार्थिनः ॥ २२ ॥ ते शप्ता ब्रह्मणा मूढा नष्टसंज्ञा दिवौकसः ॥ न स्म किञ्चिद्विजानन्ति ततो लोकोऽप्यमुह्यत ॥ २३ ॥ ते भूयः प्रणताः शप्ताः प्रायाचन्त पितामहम् ॥ अनुग्रहाय लोकानां ततस्तानब्रवीदिदम् ॥ २४ ॥ प्रायश्चित्तं चरध्वं वै व्यभिचारो हि वः कृतः ॥ पुत्रांश्च परिपृच्छध्वं ततो ज्ञानमवाप्स्यथ ॥ २५ ॥ प्रायश्चित्तक्रियार्थं ते पुत्रान्पप्रच्छुरार्तवत ॥ तेभ्यस्ते प्रयतात्मनः शशंसुस्तनयास्तदा ॥ २६ ॥ प्रायश्चित्तानि धर्मज्ञा वाङ्मनःकर्मजानि वै ॥ शंसन्ति कुशला नित्यं चक्षुर्भ्यामपि नित्यशः ॥ २७ ॥ प्रायश्चित्तार्थतत्त्वज्ञा लब्धसंज्ञा दिवौकसः ॥ गम्यतां पुत्रकाश्चेति पुत्रैरुक्ताश्च ते तदा ॥ २८ ॥ अभिशप्तास्तु

परिस्थितियोंके ज्ञानसे शून्य हो जाओगे।' तदनुसार सब देवता संज्ञाशून्य हो गये। साथ ही सब लोक भी संज्ञाशून्य हो गये ॥ २३ ॥ तब देवताओंने विनम्रभावसे लोकपितामहकी शरणमें जाकर क्षमा माँगी। ब्रह्माजीने लोककल्याणके निमित्त उन देवताओंसे कहा—॥ २४ ॥ हे देवताओं! तुम सबने मेरी पूजामें व्यतिक्रम किया है। सो उस अपराधके प्रायश्चित्त-स्वरूप तुम लोग अपने-अपने पुत्रोंसे पूछोगे, तब तुम्हें पुनः ज्ञान प्राप्त हो जायगा ॥ २५ ॥ तदनुसार प्रायश्चित्त करनेके विचारसे उन लोगोंने आर्तभावसे अपने-अपने पुत्रोंके पास जाकर उपदेश देनेकी प्रार्थना की। तब संयतस्वभाववाले पुत्रोंने उनसे कहा—स्तोत्रपाठ, श्रद्धापूर्वक ध्यान और साष्टाङ्ग प्रणाम इन्हींको मनसा वाचा कर्मणा तथा नेत्रोंसे पूर्ण करना ही प्रायश्चित्त है। धर्मज्ञ व्यक्ति नियमसे इन कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं ॥ २६ ॥ २७ ॥ अतएव हे पुत्रगण! तुम लोगोंको प्रायश्चित्तके अर्थका ज्ञान हो गया और ज्ञानकी प्राप्ति भी हो गयी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अब ब्रह्माजीके पास जाओ। ऐसा उनके पुत्रोंने कहा ॥२८॥ हे महाराज जनमेजय! पुत्रोंके ऐसा कहनेपर उन देवताओंने सोचा कि 'हमारे ही पुत्र होकर हमें इन्होंने 'पुत्र' कहकर क्यों सम्बोधित किया?' इस संशयको दूर करनेके लिए वे सब देवता ब्रह्माजीके पास गये ॥२९॥ उन लोगोंने उन ब्रह्माके समक्ष अपना सन्देह उपस्थित किया, तब ब्रह्माजी बोले—हे देवगण! जो पुत्र अपने पिताको किसी गूढ़ विषयका उपदेश देता है, वह पुत्र पिताका भी पिता होता है ॥ ३० ॥ अतएव जैसे तुम अपने पुत्रोंके जन्मदाता पिता हो, वैसे ही वे तुम्हारे ज्ञानदाता पिता हैं ॥३१॥ ऐसी स्थितिमें तुम सबके परस्पर पिता-पुत्र होनेमें क्या सन्देह है? ॥३१॥३२॥ लोकपितामह ब्रह्माके ऐसा कहनेपर देवताओंकी शंका दूर हो गयी। तब वे बहुत प्रसन्न होकर फिर अपने-अपने पुत्रोंके पास लौट गये और कहा—तुमने हमें ज्ञान प्रदान किया है। अतएव तुम हमारे पिता हो। अब यह बताओ कि तुम्हारी क्या अभिलाषा है? हम तुम्हें कौनसा

ते देवाः पुत्रवाक्येन निन्दिताः ॥ पितामहमुपागच्छन्संशयच्छेदनाय वै ॥ २९ ॥ ततस्तानब्रवीद्देवो यूयं वै ब्रह्मवादिनः ॥ तस्माद्यदुक्तं युष्माकं तत्तथा न तदन्यथा ॥ ३० ॥ यूयं शरीरकर्त्तारस्तेषां देवा भविष्यथ ॥ ते तु ज्ञानप्रदातारः पितरो वो न संशयः ॥ ३१ ॥ अन्योन्यं पितरो यूयं ते चैवेति न संशयः ॥ देवाश्च पितरश्चैव तद्बुध्यध्वं दिवौकसः ॥ ३२ ॥ ततस्ते पुनरागत्य पुत्रानूचुर्दिवौकसः ॥ ब्रह्मणा छिन्नसंदेहाः प्रीतिमन्तः परस्परम् ॥ ३३ ॥ यूयं वै पितरोऽस्माकं यैर्वयं प्रतिबोधिताः ॥ धर्मज्ञाः कश्च वः कामः को वरो वः प्रदीयताम् ॥ ३४ ॥ यदुक्तं चैव युष्माभिस्तत्तथा न तदन्यथा ॥ उक्तश्च यस्माद्युष्माभिः पुत्रका इति वै वयम् ॥ तस्माद्भवन्तः पितरो भविष्यन्ति न संशयः ॥ ३५ ॥ यानिष्ट्वा तु पितॄञ्श्राद्धैः क्रियाः काश्चित्करिष्यति ॥ राक्षसा दानवा नागाः फलं प्राप्स्यन्ति तस्य तत् ॥ ३६ ॥ श्राद्धैराप्यायिताश्चैव पितरः सोममव्ययम् ॥ आप्याय्यमाना युष्माभिर्वर्द्धयिष्यन्ति नित्यदा ॥ ३७ ॥ श्राद्धैराप्यायितः सोमो लोकानाप्याययिष्यति ॥ समुद्रपर्वतवनं जंगमाजंगमैर्वृतम् ॥ ३८ ॥ श्राद्धानि पुष्टिकामाश्च ये करिष्यन्ति मानवाः ॥ तेभ्यः पुष्टिं प्रजाश्चैव दास्यन्ति पितरः सदा ॥ ३९ ॥ श्राद्धे ये च प्रदास्यन्ति त्रीन्पिण्डान्नामगोत्रतः ॥ सर्वत्र वर्तमानांस्तान्पितरः सपितामहान् ॥ भावयिष्यन्ति सततं श्राद्धे दानेन तर्पिताः ॥ ४० ॥ एवमाज्ञापितं पूर्वं ब्रह्मणा परमेष्ठिना ॥ इति तद्वचनं सत्यं भवत्वद्य दिवौकसः ॥ पुत्राश्च पितरश्चैव वयं सर्वे परस्परम् ॥४१॥ सनत्कुमार उवाच ॥ त एते

वर दें? तुमने जब हमें पुत्र कहकर पुकारा है, तब तुम हमारे पिता ही होओगे। इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥३३॥३४॥३५॥ राक्षस, दानव या नाग, इनमेंसे चाहे कोई भी हो, जो पितरोंको तृप्त किये बिना कार्य करेगा तो वह उसका प्रतिफल अवश्य भोगेगा ॥ ३६ ॥ श्राद्धसे तृप्त लौकिक पितर तथा तुमलोग सोमदेवको आगे बढ़ाओगे और सोमदेव परिपुष्ट होकर समुद्र, वन, पर्वत तथा स्थावर-जङ्गम सभी प्राणियोंको परिपुष्ट करेंगे ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ जो पुष्टिकी कामनासे पितृश्राद्ध करेंगे तो पितर प्रसन्न होकर उन्हें पुष्टि तथा सन्तति प्रदान करेंगे ॥ ३९ ॥ पितृगण चाहे कहीं भी रहें, उनके पुत्र यदि नाम-गोत्रका उच्चारण करके पिता, पितामह तथा प्रपितामह इन तीनोंके उद्देश्यसे तीन पिण्ड प्रदान करेंगे तो वे उन पिण्डोंसे परिपुष्ट हो जायँगे। इस प्रकार श्राद्धसे परिपुष्ट होकर वे अपने पुत्रोंकी उन्नति करेंगे ॥४०॥ पूर्वकालमें परमेष्ठी (ब्रह्मा) ने ऐसी आज्ञा दी थी, इसलिए अब देवताओं तथा पितरोंने परस्पर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पितृत्वलाभ कर लिया है ॥ ४१ ॥ सनत्कुमार कहते हैं—हे महामुने ! कहनेका तात्पर्य यह है कि जो देवता हैं, वे ही पितर हैं और जो पितर हैं, वे ही देवता हैं ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

(श्राद्धफलवर्णन) मार्कण्डेय महामुनि बोले—हे भीष्म ! जब परम तेजस्वी देवदेव भगवान सनत्कुमारने इस प्रकार कहा तो मैंने उनसे फिर पूछा ॥ १ ॥ मैंने जिस प्रकार पुनः जिज्ञासा की थी, वह सब वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए ॥ २ ॥ मैंने कहा—हे देव ! सोमवर्द्धन देवप्रधान पितर कितने हैं और वे किन लोकोंमें निवास करते हैं ? ॥ ३ ॥ सनत्कुमार बोले—हे मुनिवर ! कुल मिलाकर सात पितर हैं। जिनमेंसे चार पितर साकार और तीन निराकार हैं ॥ ४ ॥ इन सातों पितरोंमेंसे जो पितर जहाँ रहते हैं उनकी सृष्टि,

पितरो देवा देवाश्च पितरस्तथा ॥ अन्योन्यं पितरो ह्येते देवाश्च पितरश्च ह ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशपर्वणि सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ इत्युक्तोऽहं भगवता देवदेवेन भास्वता ॥ सनत्कुमारेण पुनः पृष्टवान्देवमव्ययम् ॥ १ ॥ संदेहममरश्रेष्ठं भगवन्तमरिन्दमम् ॥ निबोध तन्मे गांगेय निखिलं सर्वमादितः ॥ २ ॥ कियन्तो वै पितृगणाः कस्मिँल्लोके प्रतिष्ठिताः ॥ वर्त्तन्ते देवप्रवरा देवानां सोमवर्द्धनाः ॥ ३ ॥ सनत्कुमार उवाच ॥ सप्तैते यजतां श्रेष्ठ स्वर्गे पितृगणाः स्मृताः ॥ चत्वारो मूर्तिमन्तश्च त्रयस्तेषाममूर्तयः ॥ ४ ॥ तेषां लोकं विसर्गं च कीर्त्तयिष्यामि तच्छृणु ॥ प्रभावं च महत्त्वं च विस्तरेण तपोधन ॥ ५ ॥ धर्ममूर्तिधरास्तेषां त्रयो ये परमा गणाः ॥ तेषां नामानि लोकांश्च कथयिष्यामि तच्छृणु ॥ ६ ॥ लोकाः सनातना नाम यत्र तिष्ठंति भास्वराः ॥ अमूर्तयः पितृगणास्ते वै पुत्राः प्रजापतेः ॥ ७ ॥ विराजस्य द्विजश्रेष्ठ वैराजा इति विश्रुताः ॥ यजन्ति तान्देवगणा विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ ८ ॥ एते वै योगविभ्रष्टा लोकान्प्राप्य सनातनान् ॥ पुनर्युगसहस्रान्ते जायन्ते ब्रह्मवादिनः ॥ ९ ॥ ते तु प्राप्य स्मृतिं भूयः साङ्ख्यं योगमनुत्तमम् ॥ यान्ति योगगतिं सिद्धाः पुनरावृत्तिदुर्लभाम् ॥ १० ॥ एते स्युः पितरस्तात योगिनां योगवर्द्धनाः ॥ अप्याययन्ति ये पूर्वं सोमं योगबलेन च ॥ ११ ॥ तस्माच्छ्राद्धानि देयानि योगिनां तु विशेषतः ॥ एष वै प्रथमः सर्गः सोमपानां महात्मनाम् ॥ १२ ॥ एतेषां मानसी कन्या मेना नाम

उनका प्रभाव और महत्त्व मैं विस्तृतरूपसे बता रहा हूँ ॥ ५ ॥ उपर्युक्त सातों पितरोंमेंसे जो तीन धर्ममूर्तिधारी पितर हैं, उनके नाम और लोक बता रहा हूँ सुनिए ॥ ६ ॥ जो तीन अशरीरी एवं ज्योतिर्मय पितर सनातन लोकमें रहते हैं, वे विराज प्रजापतिके पुत्र हैं। इसी कारण वे वैराज नामसे विख्यात हैं। सब देवता नियमपूर्वक उनका पूजन करते हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ ये वैराज नामके पितर ब्रह्ममें लीन होनेमें असमर्थ होकर प्रजापतिके लोकमें जाते और कल्पान्त तक वहाँ रहकर ब्रह्मवादी सनकादिके रूपमें जन्म लेते हैं ॥ ९ ॥ वहाँ वे पूर्वजन्मकी स्मृति तथा उत्तम सांख्ययोग प्राप्त करके पुनर्जन्मनिवारिणी सद्गति प्राप्त कर लेते हैं ॥ १० ॥ ये पितर योगियोंका योगबल बढ़ाते हैं। पूर्वकालमें इन्होंने अपने योगबलसे सोमदेवको सन्तुष्ट करके उनका सालोक्य प्राप्त कर लिया था। अतएव इनके उद्देश्यसे श्राद्ध अवश्य करे। हे महामुनि ! सोमपान करनेवाले महात्माओंकी यह पहली सृष्टि मैंने बतलायी है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ११ ॥ १२ ॥ लोकप्रसिद्ध मेना इन पितरोंकी मानसी कन्या तथा नगाधिराज हिमालयकी पत्नी थी । मेनासे ही मैनाककी उत्पत्ति हुई थी ॥ १३ ॥ विविध रत्नोंसे पूर्ण पर्वतश्रेष्ठ क्रौंच मैनाकका पुत्र है ॥ १४ ॥ पर्वतराज हिमालयने मेनासे तीन कन्यायें उत्पन्न कीं—अपर्णा, एकपर्णा और एकपाटला ॥ १५ ॥ इन तीनों कन्याओंने देवताओं और दानवों द्वारा भी कठिनाईसे किया जानेवाला कठोर तप प्रारम्भ किया, जिससे स्थावर-जङ्गमप्राणिमयी सारी त्रिलोकी सन्तप्त हो उठी ॥ १६ ॥ तपस्याकालमें एकपर्णा केवल एक पत्ती और एकपाटला केवल एक पुष्प खाकर तप करती थी ॥ १७ ॥ किन्तु अपर्णा सर्वथा निराहार रहकर कठोर तप कर रही थी । एक दिन स्नेहवश माता मेनाने उससे कहा—उ (पुत्री !) मा (तप मत करो) माताके ऐसा कहनेपर समस्त त्रिलोकीमें सर्वश्रेष्ठ सुन्दरी अपर्णा उसी समयसे 'उमा' नामसे विख्यात होगयी ॥१८॥१९॥ संसारमें ये तीनों कुमारी कहलायीं । ये तीनों कुमारियाँ तपश्चारिणी,

महागिरेः ॥ पत्नी हिमवतः श्रेष्ठा यस्या मैनाक उच्यते ॥ १३ ॥ मैनाकस्य सुतः श्रीमान्क्रौंचो नाम महागिरिः ॥ पर्वतप्रवरः पुत्रो नाना-रत्नसमन्वितः ॥ १४ ॥ तिस्रः कन्यास्तु मेनायां जनयामास शैलराट् ॥ अपर्णामेकपर्णां च तृतीयामेकपाटलाम् ॥ १५ ॥ तपश्चरन्त्यः सुमहद्दुश्चरं देवदानवैः ॥ लोकान्संतापयामासुस्तास्तिस्रः स्थाणुजङ्गमान् ॥ १६ ॥ आहारमेकपर्णेन एकपर्णा समाचरत् ॥ पाटला पुष्पमेकं च विदधावेकपाटला ॥ १७ ॥ एका तत्र निराहारा तां माता प्रत्यषेधयत् ॥ उ मा इति निषेधन्ती मातृस्नेहेन दुःखिता ॥ १८ ॥ सा तथोक्ता तया मात्रा देवी दुश्चरचारिणी ॥ उमेत्येवाभवत्ख्याता त्रिषु लोकेषु सुन्दरी ॥ १९ ॥ तथैव नाम्ना तेनेह विश्रुता योगधर्मिणी ॥ एतत्तु त्रिकुमारीकं जगत्स्थायति भार्गव ॥ २० ॥ तपःशरीरास्ताः सर्वास्तिस्रो योगबलान्विताः ॥ सर्वाश्च ब्रह्मवादिन्यः सर्वाश्चैवोर्ध्वरेतसः ॥ २१ ॥ उमा तासां वरिष्ठा च ज्येष्ठा च वरवर्णिनी ॥ महायोगबलोपेता महादेवमुपस्थिता ॥ २२ ॥ असितस्यैकपर्णा तु देवलस्य महात्मनः ॥ पत्नी दत्ता महाब्रह्मन्योगाचार्याय धीमते ॥ २३ ॥ जैगीषव्याय तु तथा विद्धि तामेकपाटलाम् ॥ एते चापि महाभागे योगाचार्यावुपस्थिते ॥ २४ ॥ लोकाः सोमपदा नाम मरीचेर्यत्र वै सुताः ॥ पितरो यत्र वर्तन्ते देवास्तान्भावयन्त्युत ॥ २५ ॥ अग्निष्वात्ता इति ख्याताः सर्व एवामितौजसः ॥ एतेषां मानसी कन्या अच्छोदा नाम निम्नगा ॥ २६ ॥ अच्छोदं नाम विख्यातं सरो यस्याः समुत्थितम् ॥ तया न दृष्टपूर्वास्ते पितरस्तु कदाचन ॥ २७ ॥ अप्यमूर्त्तानथ पितॄन्सा

ब्रह्मवादिनी, योगबलसम्पन्ना तथा ब्रह्मचारिणी थीं ॥ २० ॥ २१ ॥ उनमें सबसे बड़ी उमा थी । उसमें असाधारण योगबल था, वह सर्वश्रेष्ठ सुन्दरी थी और महादेवजी उसके पति थे ॥२२॥ एकपर्णाका विवाह महात्मा असितदेवके साथ और एकपाटलाका विवाह योगाचार्य जैगीषव्यसे हुआ था। एकपर्णा तथा एकपाटला इन दोनोंके पति योगाचार्य थे ॥ २३ ॥ २४ ॥ महामुनि मरीचिके पुत्र जिस स्थानपर रहते थे, उसका नाम था—सोमपद । स्वर्गके देवता सोमपदमें रहनेवाले पितरोंका श्राद्ध करके उन्हें प्रसन्न करते हैं ॥ २५ ॥ सोमपदके पितर अग्नि-ष्वात्ता कहलाते हैं । इन पितरोंकी मानसी कन्याका नाम अच्छोदा नदी है ॥ २६ ॥ अच्छोद नामका जो सरोवर है, वह इसी नदीसे निकला है । अच्छोदाने जन्मसे लेकर कभी भी अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पितरोंको नहीं देखा था ॥ २७ ॥ सो जब उसने दिव्य दृष्टिसे अपने अशरीरी पितरोंको देखा तो उन्हें नहीं पहचान सकी। इसलिए वह बहुत लज्जित हुई। इसी समय आयुका परम यशस्वी पुत्र अमावसु अपनी पुत्री अद्रिकाके साथ विमानमें बैठा हुआ वहाँ आया ॥२८॥२९॥ अच्छोदाने आकाशचारी अमावसुको देखा तो उसे पिता कहकर सम्बोधित किया। एक अन्य प्राणीको पिता कहकर सम्बोधन करनेसे धार्मिक मर्यादामें व्यतिक्रम उपस्थित हो गया। इस व्यतिक्रमवश वह स्वर्गलोकसे नीचे गिरने लगी ॥ ३० ॥ ३१ ॥ गिरते समय उसने देखा कि त्रसरेणुके बराबर छोटे-छोटे तीन विमानोंपर उसके पितर बैठे हुए हैं ॥३२॥ वे पितर अतिशय सूक्ष्म शरीरके थे। इतने सूक्ष्म कि वे विमानोंमें बैठे हुए भी नहीं दिखायी देते थे। उनके शरीरका तेज हवन किये हुए अग्निके समान देदीप्यमान था। नीचा सिर करके गिरती हुई अच्छोदा उन्हें देखकर आर्तस्वरसे चिल्लाती हुई बोली—'मुझे बचाओ।' ॥३३॥

ददर्श शुचिस्मिता ॥ संभूता मनसा तेषां पितॄन्स्वान्नाभिजानती ॥ २८ ॥ व्रीडिता तेन दुःखेन बभूव वरवर्णिनी ॥ सा दृष्ट्वा पितरं वव्रे वसुनामान्तरिक्षगम् ॥ २९ ॥ अमावसुरिति ख्यातमायोः पुत्रं यशस्विनम् ॥ अद्रिकाऽप्सरसा युक्तं विमानेऽधिष्ठितं दिवि ॥ ३० ॥ सा तेन व्यभिचारेण मनसः कामरूपिणी ॥ पितरं प्रार्थयित्वाऽन्यं योगभ्रष्टा पपात ह ॥ ३१ ॥ त्रीण्यपश्यद्विमानानि पतमाना दिवश्च्युता ॥ त्रसरेणुप्रमाणानि साऽपश्यत्तेषु तान्पितॄन् ॥ ३२ ॥ सुसूक्ष्मानपरिव्यक्तानग्नीनग्निष्विवाहितान् ॥ त्रायध्वमित्युवाचार्त्ता पतन्ती तानवाक्शिराः ॥ ३३ ॥ तैरुक्ता सा तु मा भैषीरिति व्योम्नि व्यवस्थिता ॥ ततः प्रसादयामास तान्पितॄन्दीनया गिरा ॥ ३४ ॥ ऊचुस्ते पितरः कन्यां भ्रष्टैश्वर्यां व्यतिक्रमात् ॥ भ्रष्टैश्वर्या स्वदोषेण पतसि त्वं शुचिस्मिते ॥३५॥ यैः क्रियन्ते हि कर्माणि शरीरैर्दिवि दैवतैः ॥ तैरेव तत्कर्मफलं प्राप्नुवन्तीह देवताः ॥३६॥ सद्यः फलन्ति कर्माणि देवत्वे प्रेत्य मानुषे ॥ तस्मात्त्वं तपसः पुत्रि प्रेत्येदं प्राप्स्यसे फलम् ॥३७॥ इत्युक्ता पितृभिः सा तु पितॄन्प्रासादयत्स्वकान् ॥ ध्यात्वा प्रसादं ते चक्रुस्तस्याः सर्वेऽनुकम्पया ॥ ३८ ॥ अवश्यं भाविनं ज्ञात्वा तेऽर्थमूचुस्ततस्तु ताम् ॥ अस्य राज्ञो वसोः कन्या त्वमवश्यं भविष्यसि ॥ ३९ ॥ उत्पन्नस्य पृथिव्यां तु मानुषेषु महात्मनः ॥ कन्या च भूत्वा लोकान्स्वान्पुनः प्राप्स्यसि दुर्लभान् ॥ ४० ॥ पराशरस्य दायादं त्वं पुत्रं जनयिष्यसि ॥ स वेदमेकं ब्रह्मर्षिश्चतुर्द्धा विभजिष्यति ॥ ४१ ॥ महाभिषस्य पुत्रौ द्वौ शन्तनोः

पितरोंने कहा—'मत डरो।' उनके ऐसा कहनेपर वह आकाशमें ही रुक गयी। इसके बाद उसने बहुत दीन वाणीमें स्तुति करके उन्हें प्रसन्न किया ॥ ३४ ॥ पितरोंने कहा—वत्से! तुम अपने अपराधसे ही स्वर्गसे गिरी हो ॥३५॥ मनुष्य मर्त्यलोकमें जो कर्म करते हैं, उसका फल शरीर त्यागनेके पहले नहीं भोगते। किन्तु देवताओंमेंसे जो देवता जो भी कर्म करता है, उसे उस कर्मका फल तत्काल मिल जाता है। अतएव तुम इस उपस्थित कर्मका फल भोग लेनेके बाद ही तपस्याका फल प्राप्त करो ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ पितरोंके ऐसा कहनेपर अच्छोदा फिर उनकी स्तुति करके प्रसन्न करने लगी। वे कुछ देरतक कर्मफलके विषयमें विचार करनेके बाद प्रसन्न होकर बोले—पुत्री! ये महात्मा अमावसु भूलोकमें जन्म लेकर राजा बनेंगे। उस समय तुम इनकी कन्या होओगी। मर्त्यलोकमें तुम्हारे उदरसे महर्षि पराशरके पुत्र व्यासदेव, राजा शन्तनुके पुत्र विचित्रवीर्य तथा चित्राङ्गद जन्म लेंगे। व्यासजी अपनी प्रतिभासे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एक ही वेदके चार भाग करेंगे। तुम इन पुत्रोंको उत्पन्न करनेके बाद फिर अपने लोकमें चली जाओगी। पितरोंकी मर्यादाका उल्लंघन करनेके कारण तुम्हें बहुत कुत्सित योनिमें जन्म मिलेगा ॥ ३८-४३ ॥ द्वापर युगमें तुम वसुकी पत्नी अद्रिका अप्सराकी कन्या कहलाओगी, किन्तु तुम्हारा जन्म मछलीके पेटसे होगा ॥ ४४ ॥ सनत्कुमारदेव कहते हैं—हे महामुनि मार्कण्डेय! पितरोंके कथनानुसार अच्छोदा मर्त्यलोकमें मत्स्ययोनिसे जन्म पाकर राजा वसुकी कन्या हुई। उसका नाम सत्यवती पड़ा और धीवरों द्वारा पालित होनेके कारण लोग उसे दाशेयी कहते थे ॥ ४५ ॥ हे मुनिवर! स्वर्गमें बर्हिषद नामके जो पितर निवास करते हैं, वे वैभ्राज कहलाते हैं ॥ ४६ ॥ सब देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, नाग, सर्प और सुपर्णगण इन अमित तेजस्वी पितरोंकी अर्चना करते हैं ॥ ४७ ॥ वे तपःपरायण और तेजस्वी पितर महात्मा पुलस्त्य प्रजापतिके पुत्र हैं ॥ ४८ ॥ द्वापर युगमें उनकी मानसी कन्या

कीर्तिवर्द्धनौ ॥ विचित्रवीर्यं धर्मज्ञं तथा चित्राङ्गदं शुभम् ॥ ४२ ॥ एतानुत्पाद्य पुत्रांस्त्वं पुनर्लोकानवाप्स्यसि ॥ व्यतिक्रमात्पितृणां च जन्म प्राप्स्यसि कुत्सितम् ॥ ४३ ॥ अस्यैव राज्ञः कन्या त्वमद्रिकायां भविष्यसि ॥ अष्टाविंशे भवित्री त्वं द्वापरे मत्स्ययोनिजा ॥ ४४ ॥ एवमुक्ता तु दाशेयी जाता सत्यवती तदा ॥ मत्स्ययोनौ समुत्पन्ना राज्ञस्तस्य वसोः सुता ॥ ४५ ॥ वैभ्राजा नाम ते लोका दिवि सन्ति सुदर्शनाः ॥ यत्र बर्हिषदो नाम पितरो दिवि विश्रुताः ॥ ४६ ॥ तान्वै देवगणाः सर्वे यक्षगन्धर्वराक्षसाः ॥ नागाः सर्पाः सुपर्णाश्च भावयन्त्यमितौजसः ॥ ४७ ॥ एते पुत्रा महात्मानः पुलस्त्यस्य प्रजापतेः ॥ महात्मानो महाभागास्तेजोयुक्तास्तपस्विनः ॥ ४८ ॥ एतेषां मानसी कन्या पीवरी नाम विश्रुता ॥ योगा च योगिपत्नी च योगिमाता तथैव च ॥ ४९ ॥ भवित्री द्वापरं प्राप्य युगं धर्मभृतां वरा ॥ पराशरकुलोद्भूतः शुको नाम महातपाः ॥ ५० ॥ भविष्यति युगे तस्मिन्महायोगी द्विजर्षभः ॥ व्यासादरण्यां संभूतो विधूमोऽग्निरव ज्वलन् ॥ ५१ ॥ स यस्यां पितृकन्यायां पीवर्यां जनयिष्यति ॥ कन्यां पुत्रांश्च चतुरो योगाचार्यान्महाबलान् ॥ ५२ ॥ कृष्णं गौरं प्रभुं शम्भुं कृत्वीं कन्यां तथैव च ॥ ब्रह्मदत्तस्य जननीं महिषीं त्वणुहस्य च ॥ ५३ ॥ एतानुत्पाद्य धर्मात्मा योगाचार्यान्महाव्रतान् ॥ श्रुत्वा स्वजनकाद्धर्मान्व्यासादमितबुद्धिमान् ॥ ५४ ॥ महायोगी ततो गन्ता पुनरावर्तिनीं गतिम् ॥ यत्तत्पदमनुद्विग्नमव्ययं ब्रह्म शाश्वतम् ॥ ५५ ॥ अमूर्तिमन्तः पितरो धर्ममूर्तिधरा मुने ॥

'पीवरी' नामसे विख्यात होगी। वह एक योगाचार्यकी पत्नी और योगाचार्यकी माता भी होगी। वह स्वयं भी योगिनी होगी ॥ ४९ ॥ इसी युगमें धूमरहित अग्निके समान तेजस्वी व्यासके पुत्र महायोगी शुकदेव अरणीसे उत्पन्न होंगे ॥५०॥५१॥ उस पीवरीके गर्भसे महायोगी शुकदेवके द्वारा कृष्ण, गौर, प्रभु और शम्भु नामके चार महाबलवान् एवं योगी पुत्र तथा कृत्वी नामकी एक कन्या उत्पन्न होगी। वह कन्या अणुहकी पत्नी और ब्रह्मदत्तकी माता होगी ॥५२॥५३॥ योगाचार्य तथा अमित बुद्धिमान् शुकदेव उपर्युक्त पुत्रों और कन्याको उत्पन्न करके अपने पिता वेदव्याससे धर्मकी बातें सुनेंगे ॥ ५४ ॥ इसके बाद वे उद्वेगशून्य, पुनरागमनहीन तथा शाश्वत ब्रह्मलोक प्राप्त करेंगे ॥ ५५ ॥ हे मुनिवर! मैंने जिन धर्म-मूर्तिधारी,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गगनचारी एवं अशरीरी पितरोंका उल्लेख किया है, वे सब स्वर्गलोगमें रहते हैं। वृष्णि और अन्धकवंशका वर्णन करते समय इनकी भी चर्चा की गयी थी ॥ ५६ ॥ अब शरीरधारी तथा मर्त्यलोकके पूज्य पितरोंका वर्णन करता हूँ, सुनिए—सुकाल नामके पितर वसिष्ठ प्रजापतिके पुत्र हैं। वे सब सर्वकामपूर्ण ज्योतिर्मय लोकोंमें निवास करते हैं। ब्राह्मणगण नित्य इनका तर्पण करते हैं ॥ ५७ ॥ स्वर्गलोकमें गौ नामकी कन्या इनकी मानसी पुत्री थीं। उसका दूसरा नाम एकशृंगा था। एकशृंगा तुम्हारे वंशज शुकको प्रियतमा पत्नी थी और उसीसे साध्यों-की कीर्ति बढ़ी थी ॥ ५८ ॥ जो महर्षि अङ्गिराके पुत्र हैं और पूर्वकालमें जिन्हें साध्योंने आगे बढ़ाया था, वे सूर्यकी किरणोंसे प्रकाशमान लोकोंमें रहते हैं ॥ ५९ ॥ फलके अभिलाषी क्षत्रियगण उन पितरोंको तृप्त करते हैं। यशोदा उनकी मानसी कन्या थी ॥ ६० ॥ यह यशोदा विश्वमहत्‌की पत्नी, वृद्धशर्माकी पतोहू और राजर्षि दिलीपकी माता थी ॥ ६१ ॥

कथा यत्रेयमुत्पन्ना बृष्ण्यन्धककुलान्वया ॥ ५६ ॥ सुकाला नाम पितरो वसिष्ठस्य प्रजापतेः ॥ निरता दिवि लोकेषु ज्योतिर्भासिषु भासुराः ॥ सर्वकामसमृद्धेषु द्विजास्तान्भावयन्त्युत ॥ ५७ ॥ तेषां वै मानसी कन्या गौर्नाम्ना दिवि विश्रुता ॥ तथैव वंशे या दत्ता शुकस्य महिषी प्रिया ॥ एकशृंगेति विख्याता साध्यानां कीर्तिवर्द्धिनी ॥ ५८ ॥ मरीचिगर्भांस्ताँल्लोकान्समाश्रित्य व्यवस्थिताः ॥ ये त्वथाङ्गिरसः पुत्राः साध्यैः संवर्द्धिताः पुरा ॥ ५९ ॥ तान्क्षत्रियगणांस्तात भावयन्ति फलार्थिनः ॥ तेषां तु मानसी कन्या यशोदा नाम विश्रुता ॥ ६० ॥ पत्नी सा विश्वमहतः स्नुषा वै वृद्धशर्मणः ॥ राजर्षेर्जननी चापि दिलीपस्य महात्मनः ॥ ६१ ॥ तस्य यज्ञे पुरा गीता गाथाः प्रीतैर्महर्षिभिः ॥ तदा देवयुगे तात वाजिमेधे महामखे ॥ ६२ ॥ अग्नेर्जन्म तथा श्रुत्वा शाण्डिल्यस्य महात्मनः ॥ दिलीपं यजमानं ये पश्यन्ति सुसमाहिताः ॥ सत्यवन्तं महात्मानं तेऽपि स्वर्गजितो नराः ॥ ६३ ॥ सुस्वधा नाम पितरः कर्दमस्य प्रजापतेः ॥ समुत्पन्नास्तु पुलहान्महात्मानो द्विजर्षभाः ॥ ६४ ॥ लोकेषु दिवि वर्तन्ते कामजेषु विहङ्गमाः ॥ तांश्च वैश्यगणांस्तात भावयन्ति फलार्थिनः ॥ ६५ ॥ तेषां वै मानसी कन्या विरजा नाम विश्रुता ॥ ययातेर्जननी ब्रह्मन्महिषी नहुषस्य च ॥ ६६ ॥ त्रय एते गणाः प्रोक्ताश्चतुर्थं तु निबोध मे ॥ उत्पन्ना ये स्वधायां ते सोमपा वै कवेः सुताः ॥ हिरण्यगर्भस्य सुताः शूद्रास्तान्भावयन्त्युत ॥ ६७ ॥ मानसा नाम ते लोका यत्र तिष्ठन्ति ते दिवि ॥ तेषां वै मानसी कन्या नर्मदा सरितां वरा ॥ ६८ ॥

दिलीपके अश्वमेध यज्ञमें महर्षियोंने परम आह्लादित चित्तसे यह गाथा गायी थी ॥ ६२ ॥ जो लोग शाण्डिल्यवंशज अग्निदेवका जन्मवृत्तान्त सुनकर सत्यवादी राजा दिलीपका दर्शन करते हैं, उन्हें स्वर्गलोक प्राप्त होता है ॥ ६३ ॥ जो महात्मा पितर सुस्वधा नामसे विख्यात हैं, वे महर्षि पुलहके पुत्र एवं कर्दम प्रजापतिके पिता हैं ॥ ६४ ॥ वे सदा आकाशमें निवास करते हैं। वैश्य लोग उनका तर्पण करते हैं। विरजा उनकी मानसी कन्या, महाराज नहुषकी पत्नी और राजा ययातिकी माता होगी ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ हे ब्रह्मन्! इस प्रकार मैंने तुम्हें तीन पितरोंका वृत्तान्त बताया। अब चतुर्थ पितरोंका चरित्र सुनाऊँगा। शुक्राचार्यकी पुत्री स्वधासे जिन सोमपान करनेवाले पितरोंका जन्म हुआ, वे सब अग्निके पुत्र हैं। शूद्र उनका तर्पण करते हैं ॥ ६७ ॥ ये पितर आकाशके जिस लोकमें निवास करते हैं, उसे लोग मानस लोक कहते हैं। नदियोंमें श्रेष्ठ नर्मदा नदी उनकी मानसी कन्या है ॥ ६८ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नर्मदा दक्षिणवाहिनी होकर अगणित प्राणियोंको पवित्र करती है। वह महाराज पुरुकुत्सुकी पत्नी और त्रसदस्युकी माता है॥ ६९॥ प्रत्येक युगमें धर्म नष्ट हो जानेपर प्रजापति मनु इन सातों पितरोंका श्राद्ध-तर्पण आदि करते हैं॥ ७०॥ उपर्युक्त सात पितरोंमें यम सबसे बड़े माने जाते हैं और पितृपति तथा श्राद्धदेव कहलाते हैं। जो लोग स्वधामंत्रका उच्चारण करके पितरोंके उद्देश्यसे रजतपात्र एवं रजतयुक्त पात्र प्रदान करते हैं। अथवा जो अग्नि या जलमें ही स्वधामंत्र उच्चारण करके सोमदेव, अग्नि तथा यमके उद्देश्यसे आहुति देते हैं तो पितरलोग तृप्त हो जाते हैं। इस प्रकार जो लोग पितरोंको तृप्त करते हैं तो प्रसन्न होकर पितर भी उन्हें तृप्त करते हैं। वे उनको पुष्टि, पुत्र, स्वर्ग, आरोग्य आदि सभी अभिलषित वस्तु प्रदान करते हैं। हे महामुने! देवकार्यकी अपेक्षा पितृकार्य अधिक प्रशंसनीय होता है॥ ७१–७५॥ क्योंकि पितरोंमें क्रोध नहीं होता। अतएव देवताओंकी अपेक्षा वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी

या भावयति भूतानि दक्षिणापथगामिनी॥ पुरुकुत्सस्य या पत्नी त्रसद्दस्योर्जनन्यपि॥६९॥ तेषामथाभ्युपगमान्मनुस्तात युगे युगे॥ प्रवर्तयति श्राद्धानि नष्टे धर्मे प्रजापतिः॥ ७०॥ पितॄणामादिसर्गेण सर्वेषां द्विजसत्तम॥ तस्मादेनं स्वधर्मेण श्राद्धदेवं वदन्ति वै॥ ७१॥ सर्वेषां राजतं पात्रमथवा रजतान्वितम्॥ दत्तं स्वधां पुरोधाय श्राद्धं प्रीणाति वै पितॄन्॥ ७२॥ सोमस्याप्यायनं कृत्वा अग्नेर्वैवस्वतस्य च॥ उदगायनमप्यग्नावग्न्य-भावेऽप्सु वा पुनः॥ ७३॥ पितॄन्प्रीणाति यो भक्त्या पितरः प्रीणयन्ति तम्॥ यच्छन्ति पितरः पुष्टिं प्रजाश्च विपुलास्तथा॥ ७४॥ स्वर्ग-मारोग्यमेवाथ यदन्यदपि चेप्सितम्॥ देवकार्यादपि मुने पितृकार्यं विशिष्यते॥ ७५॥ देवतानां हि पितरः पूर्वमाप्यायनं स्मृतम्॥ शीघ्रप्रसादा ह्यक्रोधा लोकस्याप्यायनं परम्॥ ७६॥ स्थिरप्रसादाश्च सदा तान्नमस्यस्व भार्गव॥ पितृभक्तोऽसि विप्रर्षे मद्भक्तश्च विशेषतः॥ ७७॥ श्रेयस्तेऽद्य विधास्यामि प्रत्यक्षं कुरु तत्स्वयम्॥ दिव्यं चक्षुः सविज्ञानं प्रदिशामि च तेऽनघ॥ ७८॥ गतिमेतामप्रमत्तो मार्कण्डेय निशामय॥ नहि योगगतिर्दिव्या पितॄणां च परा गतिः॥ ७९॥ त्वद्विधेनापि सिद्धेन दृश्यते मांसचक्षुषा॥ स एवमुक्त्वा देवेशो मामुपस्थितमग्रतः॥ ८०॥ चक्षुर्दत्त्वा सविज्ञानं देवानामपि दुर्लभम्॥ जगाम गतिमिष्टां वै द्वितीयोऽग्निरिव ज्वलन्॥ ८१॥ तन्निबोध कुरुश्रेष्ठ यन्मयाऽऽसीन्निशामितम्॥ प्रसादात्तस्य देवस्य दुर्ज्ञेयं भुवि मानुषैः॥८२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि अष्टादशोऽध्यायः॥ १८॥

प्रसन्नता स्थायी होती है। अतएव उन्हें तृप्त करना प्रधान कार्य है। मैं जानता हूँ कि तुम पितरों और विशेष करके मेरे परम भक्त हो॥ ७६॥ ७७॥ हे मुनिवर! मैं तुम्हें दिव्य दृष्टि प्रदान करता हूँ। उससे तुम अभी श्राद्धका फलाफल प्रत्यक्ष देख लोगे॥ ७८॥ हे मार्कण्डेय! तुम्हारे जैसे सिद्धजन भी अपनी स्थूल दृष्टिसे योगगति तथा पितरोंकी उत्कृष्ट गतिको नहीं देख सकते। द्वितीय अग्निके सदृश्य तेजस्वी देवेश सनत्कुमार ऐसा कहकर मुझ प्रत्यक्षवर्तीको देवताओंके लिए भी दुर्लभ दिव्यदृष्टि प्रदान करके अभिलषित दिशाको चले गये॥ ७९–८१॥ महामुनि मार्कण्डेय कहते हैं—हे कुरुश्रेष्ठ! उन भगवान् सनत्कुमारकी कृपासे मर्त्यलोकवालोंके लिए अविज्ञेय जो ज्ञान मैंने प्राप्त किया है, उसे बताता हूँ सुनो॥ ८२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेपु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भापाटीकायामष्टादशोऽध्यायः॥ १८॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पुनः पितृकल्पका वर्णन) श्रीमार्कण्डेय बोले—हे तात ! पूर्वकालमें महर्षि भरद्वाजके पुत्र योगी हो गये, किन्तु कुछ ही दिनों बाद उन्होंने योगविरोधी होकर कुछ ऐसे दुश्चरित्र-के काम किये कि जिससे वे योगभ्रष्ट हो गये। अपने इन कर्मोंवश वे मानसरोवरके पार जा गिरे ॥ १ ॥ २ ॥ वे वहाँ उसी तरह योगसिद्धिका अनुसन्धान करने लगे, जैसे कोई पानीमें गिरी हुई किसी वस्तुको ढूँढ़े। किन्तु कालधर्मसे संयुक्त होनेके कारण वे योगसिद्धिकी उपलब्धि नहीं कर सके ॥ ३ ॥ तदनन्तर वे बहुत दिनोंतक स्वर्गलोकमें निवास करनेके बाद कुरुक्षेत्रके कौशिक वंशमें जनमे ॥४॥ इस जन्ममें वे पितृश्राद्धके उद्देश्यसे शिकार करने लगे। जिससे वे जीवहिंसाके पापवश पहलेसे भी अधम योनिमें जा पहुँचे ॥५॥ पूर्वजन्ममें पितरोंके उद्देश्यसे दान देनेके कारण इन अधम योनियोंमें जानेपर भी उन्हें पूर्वजन्मकी सब बातें याद रहती थीं। उन्हें जिन-जिन योनियोंमें जन्म मिला था, उनमें बीती हुई सब घटनाओंको वे दिव्यदृष्टिसे देख लिया करते थे ॥६॥ इस जातिस्मरत्वके गुणसे धीरे-धीरे फिर उनका धर्मानुष्ठान बढ़ने लगा और कुछ ही समय बाद अपने सत्कर्मोंसे पहलेका खोया हुआ ब्राह्मणत्व उन्होंने

मार्कण्डेय उवाच ॥ आसन्पूर्वयुगे तात भरद्वाजात्मजा द्विजाः ॥ योगधर्ममनुप्राप्य भ्रष्टा दुश्चरितेन वै ॥१॥ अपभ्रंशमनुप्राप्ता योगधर्मापचारिणः ॥
महतः सरसः पारे मानसस्य विसंज्ञिताः ॥ २ ॥ तमेवार्थमनुध्यातो नष्टमप्स्विव मोहिताः ॥ अप्राप्य योगं ते सर्वे संयुक्ताः कालधर्मणा ॥ ३ ॥
ततस्ते योगविभ्रष्टा देवेषु सुविशेषिताः ॥ जाताः कौशिकदायादाः कुरुक्षेत्रे नरर्षभाः ॥ ४ ॥ हिंसया विहरिष्यन्तो धर्मं पितृकृतेन वै ॥ ततस्ते
पुनराजातिं भ्रष्टाः प्राप्स्यंति कुत्सिताम् ॥ ५ ॥ तेषां पितृप्रसादेन पूर्वजातिकृतेन वै ॥ स्मृतिरुत्पत्स्यते प्राप्य तां तां जातिं जुगुप्सिताम् ॥ ६ ॥
ते धर्मचारिणो नित्यं भविष्यन्ति समाहिताः ॥ ब्राह्मण्यं प्रतिलप्स्यन्ति ततो भूयः स्वकर्मणा ॥ ७ ॥ ततश्च योगं प्राप्स्यंति पूर्वजातिकृतं पुनः ॥
भूयः सिद्धिमनुप्राप्ताः स्थानं प्राप्स्यन्ति शाश्वतम् ॥८॥ एवं धर्मे च ते बुद्धिर्भविष्यति पुनः पुनः ॥ योगधर्मे च नितरां प्राप्स्यसे बुद्धिमुत्तमाम् ॥९॥
योगो हि दुर्लभो नित्यमल्पप्रज्ञैः कदाचन ॥ लब्ध्वाऽपि नाशयन्त्येनं व्यसनैः कटुतामिताः ॥ अधर्मेष्वेव वर्तन्ते प्रार्दयन्ते गुरूनपि ॥ १० ॥
याचन्ते न त्वयाच्यानि रक्षन्ति शरणागतान् ॥ नावजानन्ति कृपणान्माद्यन्ते न धनोष्मणा ॥ ११ ॥ युक्ताहारविहाराश्च युक्तचेष्टाः स्वकर्मसु ॥
ध्यानाध्ययनयुक्ताश्च न नष्टानुगवेषिणः ॥ १२ ॥ नोपभोगरता नित्यं न मांसमधुभक्षणाः ॥ न च कामपरा नित्यं न विप्रा-

पुनः प्राप्त कर लिया ॥ ७ ॥ जिससे उनको पूर्वजन्मार्जित योगबल फिर प्राप्त हो गया। इससे उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गयी और शाश्वत लोक भी प्राप्त हो गया ॥ ८ ॥ इतनी कथा कहकर सनत्कुमार बोले—हे मुनिवर ! इसी प्रकार तुम्हें भी ऐसी सद्बुद्धि प्राप्त होगी कि जिससे धर्म तथा योगविषयक सभी बातोंमें सिद्धि प्राप्त हो जायगी ॥९॥ साधारण बुद्धिवालोंको योगसिद्धि दुर्लभ ही रहती है। यदि किसी तरह मिल भी गयी तो वे मृगया आदिके व्यसनों, क्रूराचरणों तथा गुरुद्रोह आदि कुकर्मोंसे पुनः विपथगामी होकर अधर्ममें प्रवृत्त हो जाते और गुरुजनोंको दुःख देने लगते हैं ॥ १० ॥ जो लोग न माँगने योग्य वस्तु नहीं माँगते, शरणागतकी रक्षा करते, दीन-दुखी लोगोंका अपमान नहीं करते और धनमदसे मत्त नहीं बन जाते हैं ॥११॥ जो नियमित आहार-विहार करते, अपने काममें जुटे रहते, जो ध्यान और अध्ययनमें लगे रहते और जो नष्ट वस्तुकी खोज नहीं करते ॥ १२ ॥ मद्य-मांसादिके भोगोंमें जिनकी आसक्ति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं रहती, जो सर्वथा स्पृहाशून्य होकर ब्राह्मणोंकी सेवामें लगे रहते हैं ॥१३॥ जिनमें आलस्य नहीं रहती, जिनके मुखसे कभी कोई अश्लील बात नहीं निकलती, जो सम्मानकी विशेष चाह नहीं करते और जो जनसमवायमें सम्मिलित नहीं होते, वे ही लोग योगसिद्धि प्राप्त करनेमें समर्थ होते हैं। इन गुणोंसे हीन लोगोंके लिए योगसिद्धि प्राप्त करना नितान्त दुर्लभ है। फलतः जो शान्तचित्त हैं और मानाहंकारसे शून्य हैं, वास्तवमें वे ही लोग व्रतवान् हैं और वे ही इस महान् कल्याणलाभके उपयुक्त पात्र होते हैं। सनत्कुमारने कहा—हे वत्स! इस प्रकार वे भरद्वाजतनय सर्वगुणसम्पन्न होकर पुनः ब्राह्मण हो गये ॥ १४–१६ ॥ उन्हें अपने पूर्वकृत अपराध और प्रमाद याद थे। संसारमें जो लोग ध्यान और अध्ययनमें संलग्न रहकर शान्तिके मार्गपर चलते रहते हैं, उन्हें शान्तिलाभ अवश्य होता है ॥ १७ ॥ 'अतएव हे भार्गव! तुम भी योगधर्मका अवलम्बन करो। क्योंकि योगधर्मसे श्रेष्ठ और कोई भी धर्म नहीं है। तुम जितेन्द्रिय तथा श्रद्धालु होकर अल्पाहार करते हुए योगका मार्ग अपनाओ। तुम अवश्य योगधर्मको प्राप्त करोगे ॥ १८ ॥ १९ ॥ हे कुरुपितामह भीष्म! भगवान् सनत्कुमार

सेविनस्तथा ॥ १३ ॥ नानार्यसंकथासक्ता नालस्योपहतास्तथा ॥ नात्यन्तमानसंसक्ता गोष्ठीष्वनिरतास्तथा ॥ १४ ॥ प्राप्नुवन्ति नरा योगं योगो वै दुर्लभो भुवि ॥ प्रशान्ताश्च जितक्रोधा मानाहंकारवर्जिताः ॥ १५ ॥ कल्याणभाजनं ये तु ते भवन्ति यतव्रताः ॥ एवंविधास्तु ते तात ब्राह्मणा ह्यभवंस्तदा ॥ १६ ॥ स्मरन्ति ह्यात्मनो दोषं प्रमादकृतमेव तु ॥ ध्यानाध्ययनयुक्ताश्च शान्ते वर्त्मनि संस्थिताः ॥ १७ ॥ योगधर्माद्धि धर्मज्ञ न धर्मोऽस्ति विशेषवान् ॥ वरिष्ठः सर्वधर्माणां तमेवाचर भार्गव ॥ १८ ॥ कालस्य परिणामेन लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ॥ तत्परः प्रयतः श्राद्धी योगधर्ममवाप्स्यसि ॥ १९ ॥ इत्युक्त्वा भगवान्देवस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ अष्टादशैव वर्षाणि त्वेकाहमिव मेऽभवत् ॥ २० ॥ उपासतस्तं देवेशं वर्षाण्यष्टादशैव मे ॥ प्रसादात्तस्य देवस्य न ग्लानिरभवत्तदा ॥ २१ ॥ न क्षुत्पिपासे कालं वा जानामि स्म तदानघ ॥ पश्चाच्छिष्यसकाशात्तु कालः संविदितो मया ॥२२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पितृकल्पे एकोनविंशोऽध्यायः ॥१९॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ तस्मिन्नन्तर्हिते देवे वचनात्तस्य वै प्रभोः ॥ चक्षुर्दिव्यं सविज्ञानं प्रादुरासीत्तदा मम ॥ १ ॥ ततोऽहं तानपश्यं वै ब्राह्मणान्कौशिकात्मजान् ॥ आपगेय कुरुक्षेत्रे यानुवाच विभुर्मम ॥ २ ॥ ब्रह्मदत्तोऽभवद्राजा यस्तेषां सप्तमो द्विजः ॥ पितृवर्तीति विख्यातो

मुझसे ऐसा कहकर वहाँ ही अन्तर्धान हो गये। मैंने अठारह वर्ष उनकी उपासना की थी, किन्तु उतने दिनोंका लम्बा समय मुझे एक दिनके बराबर ज्ञात हुआ। उतने समयतक मुझे तनिक भी थकावटका अनुभव नहीं हुआ ॥ २० ॥ २१ ॥ उन दिनों न मुझे भूख-प्यास लगी और न यही पता चला कि इतना समय कैसे बीत गया। बादमें शिष्योंसे समयका ज्ञान हुआ ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

(पितृकल्पके अन्तर्गत चटकाख्यान) मार्कण्डेय महामुनि बोले—हे भीष्मपितामह! भगवान् सनत्कुमारके अन्तर्धान होते ही उनके कथनानुसार मुझे दिव्यदृष्टि प्राप्त हो गयी ॥ १ ॥ हे गंगासुवन! तब मैंने भरद्वाजके उन पुत्रोंको देखा, जिनके विषयमें भगवान सनत्कुमारने कुशिकवंशमें जन्म लेनेकी बात बतायी थी ॥ २ ॥ उनमेंसे जो सातवाँ पुत्र अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाम, कर्म और शीलके कारण पितृवर्ती नामसे विख्यात था, वह सातवें जन्ममें ब्रह्मदत्त नामका राजा हुआ ॥ ३ ॥ काम्पिल्यनगरमें शुकदेवकी कन्याके गर्भसे महाराज अणुह द्वारा ब्रह्मदत्तका जन्म हुआ था ॥ ४ ॥ भीष्मपितामह बोले—महाभाग मार्कण्डेयने जिस प्रकार राजा ब्रह्मदत्तके वंशका वर्णन किया था, सो आपको सुना रहा हूँ । सुनिए ॥ ५ ॥ युधिष्ठिरने पूछा—यह राजा अणुह किसका पुत्र था और कब हुआ था कि जिसके यहाँ महायशस्वी नृपति ब्रह्मदत्तका जन्म हुआ ॥ ६ ॥ राजा ब्रह्मदत्त कैसा पराक्रमी था और वह भरद्वाजके पुत्रोंमें सातवाँ पुत्र कैसे हुआ ? लोकपूजित और योगाचार्य भगवान शुकदेव किसी साधारण वीर पुरुषको अपनी यशस्विनी कन्या कृत्वी कदापि न देते ॥ ७ ॥ ८ ॥ हे महामुने ! मैं इस वृत्तान्तको और विशेष करके ब्रह्मदत्तके चरित्रको विस्तारके साथ सुनना चाहता हूँ । इनके विषयमें आपने मार्कण्डेय मुनिके मुखसे जैसा सुना हो, सो कहिए ॥ ९ ॥ १० ॥ भीष्म पितामह

नाम्ना शीलेन कर्मणा ॥ ३ ॥ शुकस्य कन्या कृत्वी तं जनयामास पार्थिवम् ॥ अणुहात्पार्थिवश्रेष्ठात्काम्पिल्ये नगरोत्तमे ॥ ४ ॥ भीष्म उवाच ॥ यथोवाच महाभागो मार्कण्डेयो महातपाः ॥ तस्य वंशमहं राजन्कीर्तयिष्यामि तच्छृणु ॥ ५ ॥ युधिष्ठिर उवाच ॥ अणुहः कस्य वै पुत्रः कस्मिन्काले बभूव ह ॥ राजा धर्मभृतां श्रेष्ठोयस्य पुत्रो महायशाः ॥ ६ ॥ ब्रह्मदत्तो नरपतिः किंवीर्यः स बभूव ह ॥ कथं च सप्तमस्तेषां स बभूव नराधिपः ॥ ७ ॥ न ह्यल्पवीर्याय शुको भगवाँल्लोकपूजितः ॥ कन्यां प्रदद्याद्योगात्मा कृत्वीं कीर्तिमतीं प्रभुः ॥ ८ ॥ एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं विस्तरेण महाद्युते ॥ ब्रह्मदत्तस्य चरितं तद्भवान्वक्तुमर्हति ॥ ९ ॥ यथा च वर्तमानास्ते संसारे च द्विजातयः ॥ मार्कण्डेयेन कथितास्तद्भवान्प्रब्रवीतु मे ॥ १० ॥ भीष्म उवाच ॥ प्रतीपस्य तु राजर्षेस्तुल्यकालो नराधिपः ॥ पितामहस्य मे राजन्बभूवेति मया श्रुतम् ॥ ११ ॥ ब्रह्मदत्तो महाभागो योगी राजर्षिसत्तमः ॥ कृतज्ञः सर्वभूतानां सर्वभूतहिते रतः ॥ १२ ॥ सखा स गालवो यस्य योगाचार्यो महायशाः ॥ शिक्षामुत्पाद्य तपसा क्रमो येन प्रवर्तितः ॥ कण्डरीकश्च योगात्मा तस्यैव सचिवो महान् ॥ १३ ॥ जात्यन्तरेषु सर्वेषु सखायः सर्व एव ते ॥ सप्तजातिषु सप्तैव बभूवुरमितौजसः ॥ यथोवाच महाभागो मार्कण्डेयो महातपाः ॥ १४ ॥ तस्य वंशमहं राजन्कीर्तयिष्यामि तच्छृणु ॥ ब्रह्मदत्तस्य पौराणां पौरवस्य महात्मनः ॥ १५ ॥ बृहत्क्षत्रस्य दायादः सुहोत्रो नाम धार्मिकः ॥ सुहोत्रस्यापि दायादो हस्ती नाम बभूव ह ॥ १६ ॥ तेनेदं निर्मितं

कहने लगे—हे धर्मराज ! मैंने सुना है कि राजर्षिसत्तम तथा योगबलसम्पन्न महात्मा ब्रह्मदत्त मेरे पितामह प्रतीपके समकालीन राजा थे । वे सब प्राणियोंके कृतज्ञ एवं शुभचिन्तक थे ॥ ११ ॥ १२ ॥ योगाचार्य तथा परम यशस्वी गालव ऋषि उनके मित्र थे । उन्होंने अपने तपोबलसे वेदाङ्गोंका निर्माण करके संहिता तथा पद दोनोंके एक साथ अध्ययन करनेका नियम प्रवर्तित किया था । महान् योगात्मा कण्डरीक उनके मन्त्री थे ॥१३॥ उन्होंने जो सात बार जन्म लिया था, उन सातों जन्मोंमें वे सदा उनके साथ रहते थे । जैसा कि महाभाग मार्कण्डेय मुनिने पुरुवंशी महात्मा ब्रह्मदत्तकी वंशावलीका वर्णन किया था. सो कह रहा हूँ, सुनो—॥ १४ ॥ १५ ॥ हे महाराज युधिष्ठिर ! राजा बृहत्क्षत्रके सुहोत्र नामका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एक पुत्र था । सुहोत्रका पुत्र हस्ती हुआ ॥ १६ ॥ उस हस्तीने ही हस्तिनापुर बसाया था । हस्तीके तीन धर्मात्मा पुत्र हुए । वे थे—अजमीढ, द्विमीढ और पुरुमीढ । पुरुमीढका पुत्र बृहदिषु और बृहदिषुका महायशस्वी पुत्र बृहद्धनु हुआ ॥ १७ ॥ १८ ॥ इसीको बृहद्धर्मा भी कहते थे । बृहद्धर्माका पुत्र सत्यजित्, सत्यजित्का पुत्र विश्वजित् और विश्वजित्का पुत्र सेनजित् हुआ । इस सेनजित्के चार विश्वविख्यात पुत्र हुए ॥ १९ ॥ २० ॥ उनके नाम थे—रुचिर, श्वेतकेतु, महिम्नार और वत्स । वत्स अवन्ती प्रदेशके राजा थे और इनके वंशज परिवत्सक कहलाते थे ॥ २१ ॥ रुचिरका महायस्वी पुत्र पृथुसेन, पृथुसेनका पार और पारका पुत्र नीप हुआ ॥ २२ ॥ नीपके एक सौ पुत्र हुए । वे सभी असाधारण पराक्रमी, महारथी तथा बाहुबली थे और वे सब नीप नामसे विख्यात राजे थे ॥ २३ ॥ नीपके यशको बढ़ानेवाला जो वंशधर पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम था—समर । काम्पिल्य-नगरनिवासी राजा समर

पूर्वं हस्तिनापुरमुत्तमम् ॥ हस्तिनश्चापि दायादास्त्रयः परमधार्मिकाः ॥ १७ ॥ अजमीढो द्विमीढश्च पुरुमीढस्तथैव च ॥ पुरुमीढस्य दायादो राजा बृहदिषुर्नृप ॥ बृहद्धनुर्बृहदिषोः पुत्रस्तस्य महायशाः ॥ १८ ॥ बृहद्धर्मेति विख्यातो राजा परमधार्मिकः ॥ सत्यजित्तनयस्तस्य विश्वजित्तस्य चात्मजः ॥ १९ ॥ पुत्रो विश्वजितश्चापि सेनजित्पृथिवीपतिः ॥ पुत्राः सेनजितश्चासंश्चत्वारो लोकविश्रुताः ॥ २० ॥ रुचिरः श्वेतकेतुश्च महिम्नारस्तथैव च ॥ वत्सश्चावन्तको राजा यस्यैते परिवत्सकाः ॥ २१ ॥ रुचिरस्य तु दायादः पृथुसेनो महायशाः ॥ पृथुसेनस्य पारस्तु पारान्नीपस्तु जज्ञिवान् ॥ २२ ॥ नीपस्यैकशतं तात पुत्राणाममितौजसाम् ॥ महारथानां राजेन्द्र शूराणां बाहुशालिनाम् ॥ नीपा इति समाख्याता राजानः सर्व एव ते ॥ २३ ॥ तेषां वंशकरो राजा नीपानां कीर्तिवर्द्धनः ॥ काम्पिल्ये समरो नाम सचेष्टसमरोऽभवत् ॥ २४ ॥ समरस्य परः पारः सदश्व इति ते त्रयः ॥ पुत्राः परमधर्मज्ञाः पारपुत्रः पृथुर्बभौ ॥ २५ ॥ पृथोस्तु सुकृतो नाम सुकृतेनेह कर्मणा ॥ जज्ञे सर्वगुणोपेतो विभ्राजस्तस्य चात्मजः ॥ २६ ॥ विभ्राजस्य तु पुत्रोऽभूदणुहो नाम पार्थिवः ॥ बभौ शुकस्य जामाता कृत्वीभर्ता महायशाः ॥ २७ ॥ पुत्रोऽणुहस्य राजर्षिर्ब्रह्मदत्तोऽभवत्प्रभुः ॥ योगात्मा तस्य तनयो विष्वक्सेनः परंतप ॥ २८ ॥ विभ्राजः पुनरायातः स्वकृतेनेह कर्मणा ॥ ब्रह्मदत्तस्य पुत्रोऽन्यः सर्वसेन इति श्रुतः ॥ २९ ॥ चक्षुषी तस्य निर्भिन्ने पक्षिण्या पूजनीयया ॥ सुचिरोषितया राजन्ब्रह्मदत्तस्य वेश्मनि ॥ ३० ॥ अथास्य

अत्यधिक युद्धप्रिय था ॥ २४ ॥ समरके पर, पार और सदश्व ये तीन परम धर्मात्मा पुत्र हुए । उनमेंसे पारके पुत्रका नाम था—पृथु ॥ २५ ॥ पृथुके सुकृत नामका एक पुत्र हुआ । सुकृतके पुण्यबलसे उसके घर सर्वगुणसम्पन्न विभ्राज नामका पुत्र उत्पन्न हुआ ॥ २६ ॥ पूर्वोक्त महात्मा अणुह विभ्राजके पुत्र, महर्षि शुकदेवके दामाद और कृत्वीके पति थे ॥ २७ ॥ इन्हीं महायशस्वी अणुहसे राजर्षि ब्रह्मदत्तका जन्म हुआ । शत्रुनाशक विष्वक्सेन ब्रह्मदत्तके पुत्र थे ॥ २८ ॥ विष्वक्सेनके पितामह विभ्राज ही अपने कर्मफलसे विष्वक्सेनके रूपमें उत्पन्न हुए थे । ब्रह्मदत्तके दूसरे पुत्रका नाम था—सर्वसेन ॥ २९ ॥ सुन्दर होनेके कारण पूजनीया नामकी एक पक्षिणी बहुत दिन तक सर्वसेनके घरमें पली थी । उस पक्षिणीने ही सर्वसेनकी दोनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आँखें निकाल ली थीं ॥ ३० ॥ आगे चलकर ब्रह्मदत्तके एक और पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसका नाम था—विष्वक्सेन। विष्वक्सेनसे दण्डसेन नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। दण्डसेनके भल्लाट नामक वीर, महात्मा और कुलवर्द्धक पुत्र जायमान हुआ। पूर्व समयमें कर्णने राजा भल्लाटको मारा था ॥३१॥३२॥ भल्लाटसे दुर्बुद्धि नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। दुर्बुद्धिने उग्रायुधकी सहायतासे सभी नीपवंशी राजाओंको मार डाला और स्वयं राजसिंहासनपर जा बैठा ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ उग्रायुध बड़ा अभिमानी, घमण्डी और अन्यायी था। उसे मैंने ही युद्धमें मारा था। ३५ ॥ इतनी कथा सुनकर युधिष्ठिर बोले—हे पितामह! उग्रायुध किसका पुत्र था और किस वंशमें उत्पन्न हुआ था। आपने उसका वध क्यों किया? ॥ ३६ ॥ भीष्म पितामह बोले—अजमीढका पुत्र विद्वान् राजा यवीनर था। यवीनरका पुत्र धृतिमान् और धृतिमान्का पुत्र सत्यधृति हुआ ॥ ३७ ॥ सत्यधृतिका पुत्र प्रतापवान् दृढनेमि और दृढनेमिका

पुत्रस्त्वपरो ब्रह्मदत्तस्य जज्ञिवान् ॥ विष्वक्सेन इति ख्यातो महाबलपराक्रमः ॥ ३१ ॥ विष्वक्सेनस्य पुत्रोऽभूद्दण्डसेनो महीपतिः ॥ भल्लाटोऽस्य कुमारोऽभूद्राधेयेन हतः पुरा ॥ ३२ ॥ दण्डसेनात्मजः शूरो महात्मा कुलवर्द्धनः ॥ भल्लाटपुत्रो दुर्बुद्धिरभवच्च युधिष्ठिर ॥ ३३ ॥ स तेषामभवद्राजा नीपानामन्तकृन्नृप ॥ उग्रायुधेन यस्यार्थे सर्वे नीपा विनाशिताः ॥ ३४ ॥ उग्रायुधो मदोत्सिक्तो मया विनिहतो युधि ॥ दर्पान्वितो दर्परुचिः सततं चानये रतः ॥ ३५ ॥ युधिष्ठिर उवाच ॥ उग्रायुधः कस्य सुतः कस्मिन्वंशेऽथ जज्ञिवान् ॥ किमर्थं चैव भवता निहतस्तद्ब्रवीहि मे ॥ ३६ ॥ भीष्म उवाच ॥ अजमीढस्य दायादो विद्वान्राजा यवीनरः ॥ धृतिमांस्तस्य पुत्रस्तु तस्य सत्यधृतिः सुतः ॥ ३७ ॥ जज्ञे सत्यधृतेः पुत्रो दृढनेमिः प्रतापवान् ॥ दृढनेमिसुतश्चापि सुधर्मा नाम पार्थिवः ॥ ३८ ॥ आसीत्सुधर्मणः पुत्रः सार्वभौमः प्रजेश्वरः ॥ सार्वभौम इति ख्यातः पृथिव्यामेकराड्विभुः ॥३९॥ तस्यान्ववाये महति महान्पौरवनन्दन ॥ महतश्चापि पुत्रस्तु राजा रुक्मरथः स्मृतः ॥४०॥ पुत्रो रुक्मरथस्यापि सुपार्श्वो नाम पार्थिवः ॥ सुपार्श्वतनयश्चापि सुमतिर्नाम धार्मिकः ॥ ४१ ॥ सुमतेरपि धर्मात्मा सन्नतिर्नाम वीर्यवान् ॥ तस्य वै सन्नतेः पुत्रः कृतो नाम महाबलः ॥ ४२ ॥ शिष्यो हिरण्यनाभस्य कौशल्यस्य महात्मनः ॥ चतुर्विंशतिधा तेन सप्राच्याः सामसंहिताः ॥ ४३ ॥ स्मृतास्ते प्राच्यसामानः कार्त्तयो नाम सामगाः ॥ कार्तिरुग्रायुधः सोऽथ वीरः पौरवनन्दन ॥ ४४ ॥ बभूव येन विक्रम्य पृषतस्य पितामहः ॥ नीपो नाम महातेजाः पञ्चालाधिपतिर्हतः ॥ ४५ ॥ उग्रायुधस्य दायादः क्षेम्यो नाम महायशाः ॥ क्षेम्यात्सुवीरो नृपतिः सुवीरात्तु नृपंजयः ॥ ४६ ॥ नृपंजयाद्बहुरथ

पुत्र राजा सुधर्मा हुआ ॥ ३८ ॥ सुधर्माका पुत्र राजा सार्वभौम हुआ। वह पृथिवीका एकछत्र सार्वभौम राजाके नामसे विख्यात हुआ ॥ ३९ ॥ सार्वभौमके विशाल वंशमें पौरवनन्दन महान् नामके राजा हुए। महान्के पुत्र रुक्मरथ हुए। रुक्मरथके पुत्र महाबली राजा सुपार्श्व हुए। सुपार्श्वके पुत्र परम धार्मिक राजा सुमति हुए ॥ ४० ॥ ४१ ॥ सुमतिका धर्मात्मा तथा पराक्रमी पुत्र सन्नति और सन्नतिका महावीर पुत्र कृत हुआ ॥ ४२ ॥ कृत कौसलदेशके महात्मा हिरण्यनाभका शिष्य था। उस महात्माने सामवेदसंहिताके चौबीस भाग किये ॥ ४३ ॥ प्राच्यदेशके निवासी राजा कृत द्वारा प्रवर्तित सामवेदका पाठ करते हैं। अतएव वे लोग कार्ति कहलाते हैं। महावीर उग्रायुध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राजा कृतका ही पुत्र था ॥ ४४ ॥ उग्रायुधने अपना पराक्रम प्रदर्शित करते हुए पृषत्के पितामह तथा पांचालदेशके अधिपति महातेजस्वी नीपका वध किया था ॥ ४५ ॥ महायशस्वी क्षेम्य उग्रायुधका पुत्र था। क्षेम्यका पुत्र राजा सुवीर और सुवीरका पुत्र नृपंजय हुआ ॥ ४६ ॥ नृपंजयका पुत्र बहुरथ हुआ। ये सभी राजे पुरुवंशी थे। आगे चलकर उग्रायुधकी बुद्धि भ्रष्ट हो गयी ॥ ४७ ॥ जिससे महावीर उग्रायुद्धने नीप आदि राजाओंको मारकर अपने राज्यका विस्तार किया और अपनी दुर्बुद्धिके कारण वह बड़ा अभिमानी हो गया ॥ ४८ ॥ इसी समय मेरे पिता गुजर गये और मैं अपने मंत्रियोंसे घिरकर कुशकी शय्यापर सोया हुआ था। उसी समय दुरात्मा उग्रायुधके दूतने आकर मुझसे कहा—हे कुरुनन्दन ! महात्मा उग्रायुधने कहा है कि तुम्हारी यशस्विनी पुत्री गन्धकाली सब स्त्रियोंमें रत्नस्वरूपा है। उसे तुम मुझे दे दो। उसको मैं अपनी पत्नी बनाऊँगा ॥४९॥५०॥ ऐसा करनेसे तुम्हारे राज्य और धनकी वृद्धि होगी। इस पृथिवीतलके सभी रत्नोंपर एकमात्र मेरा अधिकार है ॥ ५१ ॥ मेरे दुर्जय चक्रको देख तथा मेरा नाम सुनकर ही शत्रुगण रणभूमिसे भाग जाते हैं ॥ ५२ ॥ यदि तुम

इत्येते पौरवाः स्मृताः ॥ स चाप्युग्रायुधस्तात दुर्बुद्धिरभवत्तदा ॥ ४७ ॥ प्रवृद्धचक्रो बलवान्नीपान्तकरणो महान् ॥ स दर्पपूर्णो हत्वाऽऽजौ नीपानन्यांश्च पार्थिवान् ॥ ४८ ॥ पितर्युपरते मह्यं श्रावयामास किल्बिषम् ॥ माममात्यैः परिवृतं शयानं धरणीतले ॥ ४९ ॥ उग्रायुधस्य राजेन्द्र दूतोऽभ्येत्य वचोऽब्रवीत् ॥ अद्य त्वं जननीं भीष्म गन्धकालीं यशस्विनीम् ॥ स्त्रीरत्नं मम भार्यार्थे प्रयच्छ कुरुपुङ्गव ॥ ५० ॥ एवं राज्यं च ते स्फीतं धनानि च न संशयः ॥ प्रदास्यामि यथाकाममहं वै रत्नभाग्भुवि ॥ ५१ ॥ मम प्रज्वलितं चक्रं निशम्येदं सुदुर्जयम् ॥ शत्रवो विद्रवन्त्याजौ दर्शनादेव भारत ॥५२॥ राष्ट्रस्येच्छसि चेत्स्वस्ति प्राणानां वा कुलस्य वा ॥ शासने मम तिष्ठस्व न हि ते शान्तिरन्यथा ॥५३॥ अधः प्रस्तारशयने शयानस्तेन चोदितः ॥ दूतान्तर्हितमेतद्वै वाक्यमग्निशिखोपमम् ॥ ५४ ॥ ततोऽहं तस्य दुर्बुद्धेर्विज्ञाय मतमच्युत ॥ आज्ञापयं वै संग्रामे सेनाध्यक्षांश्च सर्वशः ॥५५॥ विचित्रवीर्यं बालं च मदुपाश्रयमेव च ॥ दृष्ट्वा क्रोधपरीतात्मा युद्धायैव मनो दधे ॥५६॥ निगृहीतस्तदाहं तैः सचिवैर्मन्त्रकोविदैः ॥ ऋत्विग्भिर्वेदकल्पैश्च सुहृद्भिश्चार्थदर्शिभिः ॥ ५७ ॥ स्निग्धैश्च शास्त्रविद्भिश्च संयुगस्य निवर्तने ॥ कारणं श्रावितश्चास्मि युक्तरूपं तदाऽनघ ॥ ५८ ॥ मन्त्रिण ऊचुः ॥ प्रवृद्धचक्रः पापोऽसौ त्वं चाशौचगतः प्रभो ॥ न चैषः प्रथमः कल्पो युद्धं नाम कदाचन ॥ ५९ ॥

अपने राज्य, अपने प्राण और अपने कुलका कुशल चाहते होओ तो तुम मेरी आज्ञाओंका पालन करो। और किसी भी तरह तुम्हारा निस्तार असम्भव है ॥५३॥ हे धर्मराज युधिष्ठिर ! कुशशय्यापर लेटे ही ही लेटे मैंने दूतके मुखसे अग्नितुल्य वचन सुने और उग्रायुधका अभिप्राय समझा। इसके बाद क्रुद्ध होकर मैंने अपने सेनापतियोंको युद्धके लिए तैयार होनेकी आज्ञा दे दी ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ उस समय विचित्रवीर्य बहुत छोटा बालक था। वह मेरा अनुयायी था। इस कारण युद्धभूमिमें मैंने स्वयं जानेका निश्चय किया ॥ ५६ ॥ किन्तु तत्काल मंत्रणाकुशल मन्त्रियों, देवतुल्य ऋत्विजों, अर्थशास्त्री मित्रों तथा शान्तस्वभाव पंडितोंने मुझे उचित कारण बताकर युद्धभूमिमें जानेसे रोक दिया ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ मंत्रियोंने मुझे सम्बोधित करके कहा—हे प्रभो ! उस पापी उग्रायुधका चक्रास्त्र बड़ा भयानक है और आप इस समय अशौचमें हैं। अतएव इस समय युद्धके लिए तैयार होना किसी तरह उपयुक्त नहीं हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सकता ॥ ५९ ॥ भविष्यमें हम क्रमशः साम, दान तथा भेदनीतिका उपयोग करके उसे नीचा दिखायेंगे। कदाचित् हम सफल न हों, तब आप ब्राह्मणों द्वारा स्वस्त्ययन कराके शुद्ध शरीरसे देवता, अग्नि तथा विप्रोंकी पूजा करके और उनसे अनुमति लेकर विजय प्राप्त करनेके लिए निकलिएगा ॥ ६० ॥ ६१ ॥ वृद्धोंकी ऐसी आज्ञा है कि अशौचके समय न अस्त्रोंका प्रयोग करे और न रणभूमिमें ही जाय ॥ ६२ ॥ अतएव आप सामादि नीतियोंका उपयोग करें। यदि उनसे काम न बने तो जैसे इन्द्रने शम्बरासुरका नाश किया था, उसी तरह आप भी अपने पराक्रमसे दुष्ट उग्रायुधको मार डालिएगा ॥ ६३ ॥ हे धर्मराज ! समय पडनेपर विज्ञों और विशेष करके वृद्धजनोंकी बात माननी चाहिए। इसीसे हम उसके तीक्ष्ण वाक्य सुनकर भी युद्धसे विरत हो रहे हैं ॥ ६४ ॥ तदनन्तर शास्त्रकुशल मंत्रियोंने उग्रायुधपर साम-दानादि उपायोंका उपयोग किया, किन्तु वह दुरात्मा किसी तरह मेरे अनुकूल नहीं हुआ

ते वयं सामपूर्वं वै दानं भेदं तथैव च ॥ प्रयोक्ष्यामस्ततः शुद्धो दैवतान्यभिवाद्य च ॥ ६० ॥ कृतस्वस्त्ययनो विप्रैर्हुत्वाऽग्नीनर्च्य च द्विजान् ॥ ब्राह्मणैरभ्यनुज्ञातः प्रयास्यसि जयाय वै ॥ ६१ ॥ अस्त्राणि न प्रयोज्यानि न प्रवेश्यश्च संगरः ॥ अशौचे वर्तमाने तु वृद्धानामिति शासनम् ॥ ६२ ॥ सामदानादिभिः पूर्वमपि भेदेन वा ततः ॥ तं हनिष्यसि विक्रम्य शम्बरं मघवानिव ॥ ६३ ॥ प्राज्ञानां वचनं काले वृद्धानां च विशेषतः ॥ श्रोतव्यमिति तच्छ्रुत्वा निवृत्तोऽस्मि नराधिप ॥ ६४ ॥ ततस्तैः संक्रमः सर्वः प्रयुक्तः शास्त्रकोविदैः ॥ तस्मिन्काले कुरुश्रेष्ठ कर्म चारब्धमुत्तमम् ॥ ६५ ॥ स सामादिभिरेवादावुपायैः प्राज्ञचिन्तितैः ॥ अनुनीयमानो दुर्बुद्धिरनुनेतुं न शक्यते ॥ ६६ ॥ प्रवृत्तं तस्य तच्चक्रमधर्मनिरतस्य वै ॥ परदाराभिलाषेण सद्यस्तात निवर्तितम् ॥ ६७ ॥ न त्वहं तस्य जाने तन्निवृत्तं चक्रमुत्तमम् ॥ हतं स्वकर्मणा तं तु पूर्वं सद्भिश्च निश्चितम् ॥ ६८ ॥ कृतशौचः शरी चापी रथी निष्क्रम्य वै पुरात् ॥ कृतस्वस्त्ययनो विप्रैः प्रायोधयमहं रिपुम् ॥ ६९ ॥ ततः संसर्गमागत्य बलेनास्त्रबलेन च ॥ त्र्यहमुन्मत्तवद्युद्धं देवासुरमिवाभवत् ॥७०॥ स मयाऽस्त्रप्रतापेन निर्दग्धो रणमूर्धनि ॥ पपाताभिमुखः शूरस्त्यक्त्वा प्राणानरिंदम ॥ ७१ ॥ एतस्मिन्नन्तरे तात काम्पिल्ये पृषतोऽभ्ययात् ॥ हते नीपेश्वरे चैव हते चोग्रायुधे नृपे ॥ ७२ ॥ आहिच्छत्रं स्वकं राज्यं

॥ ६५ ॥ ६६ ॥ दुष्ट उग्रायुधने तो दूत द्वारा भीष्मपितामहको आज्ञा देनेके साथ अपने चक्रको युद्धके लिए भेज दिया था, किन्तु उसके परस्त्रीहरणरूपी कुप्रवृत्तिमें संलग्न होनेके कारण उसका चक्र लौट गया ॥ ६७ ॥ उसकी पापवृत्तिके कारण उसका चक्र लौट गया है, यह बात मैंने पहले ही जान ली थी और यह भी मालूम था कि वह अपने पापोंसे ही मर चुका है ॥ ६८ ॥ अशौच समाप्त होनेपर मैंने ब्राह्मणोंसे स्वस्त्ययन कराया और धनुष-बाण लेकर रथपर सवार हो अपने नगरसे युद्धके लिए चल पड़ा ॥ ६९ ॥ वहाँ शत्रुसेनाका सामना होते ही मैंने युद्ध आरम्भ कर दिया और तीन दिनों तक देवासुरसंग्रामकी तरह विकट युद्ध होता रहा। अन्तमें मैंने अपने अस्त्रोंके प्रभावसे उसे उसी रणभूमिमें जलाकर भस्म कर डाला और वह वीर प्राण त्यागकर मेरे सामने ही धराशायी हो गया ॥ ७० ॥ ७१ ॥ इस प्रकार उग्रायुध द्वारा नीपेश्वर तथा मेरे द्वारा उग्रायुधके मारे जानेपर मेरे आदेशानुसार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्रुपदके पिता महातेजस्वी पृषत्‌ने काम्पिल्य नगर (दक्षिणी पंजाब) से आकर अपने पैतृक राज्य आहिच्छत्र (उत्तरी पंजाब) नगरपर अधिकार कर लिया ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ आगे चलकर द्रुपद उस राज्यके अधिकारी हुए। द्रुपदने जब द्रोणाचार्यको अपने राज्यसे निकाल दिया, तब अर्जुनने युद्धभूमिमें द्रुपदको हराया और अहिच्छत्र एवं काम्पिल्य दोनों राज्योंको छीनकर गुरु द्रोणको दे दिया ॥ ७४ ॥ यह तो तुम जानते ही हो कि उन दोनों राज्योंको अर्जुनसे दानरूपमें लेकर गुरु द्रोणने फिर द्रुपदको दे दिया था ॥ ७५ ॥ हे धर्मराज ! मैंने तुम्हें द्रुपद, ब्रह्मदत्त, नीप तथा उग्रायुधके वंशका वृत्तान्त विस्तृतरूपसे कह सुनाया ॥ ७६ ॥ इतनी कथा सुनकर धर्मराज युधिष्ठिर बोले—हे पितामह ! पूजनीया नामकी पक्षिणी जब चिरकाल तक राजा ब्रह्मदत्तके राजभवनमें रह चुकी थी, तब उसने उनके ज्येष्ठ पुत्रकी आँखें निकालकर अन्धा क्यों कर दिया। ऐसा करके उसने राजाका अपकार क्यों किया ? ॥७७॥७८॥

पित्र्यं प्राप महाद्युतिः ॥ द्रुपदस्य पिता राजन्ममैवानुमते तदा ॥ ७३ ॥ ततोऽर्जुनेन तरसा निर्जित्य द्रुपदं रणे ॥ आहिच्छत्रं सकाम्पिल्यं द्रोणायाथापवर्जितम् ॥ ७४ ॥ प्रतिगृह्य ततो द्रोण उभयं जयतांवरः ॥ काम्पिल्यं द्रुपदायैव प्रायच्छद्विदितं तव ॥ ७५ ॥ एष ते द्रुपदस्यादौ ब्रह्मदत्तस्य चैव ह ॥ वंशः कार्त्स्न्येन वै प्रोक्तो नीपस्योग्रायुधस्य च ॥ ७६ ॥ युधिष्ठिर उवाच ॥ किमर्थं ब्रह्मदत्तस्य पूजनीया शकुन्तिका ॥ अन्धं चकार गाङ्गेय ज्येष्ठं पुत्रं पुरा विभो ॥ ७७ ॥ चिरोषिता गृहे चापि किमर्थं चैव यस्य सा ॥ चकार विप्रियमिदं तस्य राज्ञो महात्मनः ॥ ७८ ॥ पूजनीया चकारासौ किं सख्यं तेन चैव ह ॥ एतन्मे संशयं सर्वं प्रब्रूहीति यथातथम् ॥ ७९ ॥ भीष्म उवाच ॥ शृणु सर्वं महाराज यथा वृत्तमभूत्पुरा ॥ ब्रह्मदत्तस्य भवने तन्निबोध युधिष्ठिर ॥ ८० ॥ काचिच्छकुन्तिका राजन्ब्रह्मदत्तस्य वै सखी ॥ शितिपक्षा शोणशिराः शितिपृष्ठा शितोदरी ॥ ८१ ॥ सखी सा ब्रह्मदत्तस्य सुदृढं बद्धसौहृदा ॥ तस्याः कुलायमभवद्गेहे तस्य नरोत्तम ॥ ८२ ॥ सा सदाऽह्नि निर्गत्य तस्य राज्ञो गृहोत्तमात् ॥ चचाराम्भोधितीरेषु पल्वलेषु सरःसु च ॥ ८३ ॥ नदीपर्वतकुञ्जेषु वनेषूपवनेषु च ॥ प्रफुल्लेषु तडागेषु कह्लारेषु सुगन्धिषु ॥ ८४ ॥ कुमुदोत्पलकिञ्जल्कसुरभीकृतवायुषु ॥ हंससारसघुष्टेषु कारण्डवकृतेषु च ॥ ८५ ॥ चरित्वा तेषु सा राजन्निशि काम्पिल्यमागमत् ॥ नृपतेर्भवनं प्राप्य ब्रह्मदत्तस्य धीमतः ॥८६॥ राज्ञा तेन सदा राजन्कथायोगं चकार सा ॥ आश्चर्याणि च दृष्टानि यानि वृत्तानि

वह पूजनीया पक्षिणी कौन थी और उसकी ब्रह्मदत्तके साथ मित्रता कैसे हुई ? इस विषयमें मुझे सन्देह है। अतएव कृपा करके आप विस्तृतरूपसे यह वृत्तान्त बताइए ॥ ७९ ॥ भीष्म-पितामह बोले—हे युधिष्ठिर ! पूर्वकालमें राजा ब्रह्मदत्तके राजमहलमें जो घटना घटी थी, वह मैं बताता हूँ। सुनो—॥ ८० ॥ महात्मा ब्रह्मदत्तके भवनमें एक पक्षिणी घोंसला बनाकर रहती थी। बुद्धिमान् ब्रह्मदत्तके साथ उसका मैत्रीभाव गाढ़ हो चुका था। उसके दोनों पंख, पृष्ठदेश और उदर काला तथा मस्तक लाल था ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ नित्य प्रातःकाल वह राजभवनसे निकल जाती और दिनभर समुद्रतट, पोखरी, सरोवर, नदी, पर्वत, वन, उपवन, निकुञ्ज एवं सुगन्धित कुमुद, कोकनद तथा कह्लारकमलसे सुशोभित एवं हंस, सारस, कारण्डवकूजित तड़ागादिकोंपर भ्रमण करती और सायंकालको काम्पिल्य नगरमें लौटकर रातभर राजा ब्रह्मदत्तके भवनमें निवास करती थी ॥८३–८६॥ हे राजन् ! वह नित्य दिनमें देखी हुई आश्चर्यपूर्ण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घटनाओंका विवरण महाराज ब्रह्मदत्तको सुनाया करती थी ॥ ८७ ॥ कुछ दिनों बाद राजाके पुत्र हुआ । उस पुत्रका नाम था——सर्वसेन । इसके पहले ही पक्षिणीने भी अपने घोसलेमें एक अण्डा दिया था । कई दिन बाद जब वह:अण्डा फूटा तो पीले मुख, हाथ-पैर तथा विशिष्ट मुखाकृतिका एक मांसपिण्ड निकला । कुछ दिनों बाद उसके दोनों नेत्र दीखने लगे और थोड़े-थोड़े पङ्ख भी उग आये ॥ ८८–९१ ॥ इसके अनन्तर वह पक्षिणी राजपुत्र तथा अपने बच्चेपर समानरूपसे स्नेह करने लगी ॥ ९२ ॥ नित्य सायंकालको वह अपनी चोंचमें रखकर दो अमृतफल लाती थी । उन फलोंको खाकर दोनों बच्चे बहुत प्रसन्न रहते थे ॥ ९३ ॥ ९४ ॥ ऐसा नित्य होता था । सबेरे पूजनीया पक्षिणी जब चली जाती तो धाय राजपुत्र

कानिचित् ॥ ८७ ॥ चरित्वा विविधान्देशान्कथयामास तानि सा ॥ कदाचित्तस्य नृपतेर्ब्रह्मदत्तस्य कौरव ॥ ८८ ॥ पुत्रोऽभूद्राजशार्दूल सर्वसेनेति विश्रुतः ॥ पूजनीयाऽथ सा तस्मिन्प्रासूताण्डमथापि च ॥ ८९ ॥ तस्मिन्नीडे पुरा ह्येकं तत्किल प्रास्फुटत्तदा ॥ स्फुटितो मांसपिण्डस्तु बाहुपादास्यसंयुतः ॥ ९० ॥ बभ्रुवक्त्रश्चक्षुहीनो बभूव पृथिवीपते ॥ चक्षुष्मानप्यभूत्पश्चादीषत्पक्षोत्थितश्च ह ॥ ९१ ॥ अथ सा पूजनीया वै राजपुत्रस्वपुत्रयोः ॥ तुल्यस्नेहात्प्रीतिमती दिवसे दिवसेऽभवत् ॥ ९२ ॥ आजहार सदा सायं चञ्च्वाऽमृतफलद्वयम् ॥ अमृतस्वादसदृशं सर्वसेनतनूजयोः ॥ ९३ ॥ स बालो ब्रह्मदत्तस्य पूजनीयासुतश्च ह ॥ ते फले भक्षयित्वा च पृथुकौ प्रीतमानसौ ॥ ९४ ॥ अभूतां नित्यमेवेह खादेतां तौ च ते फले ॥ तस्यां गतायामथ च पूजन्यां वै सदाऽहनि ॥ ९५ ॥ शिशुना चटकेनाथ धात्री तं तु शिशुं नृप ॥ तेन प्रक्रीडयामास ब्रह्मदत्तात्मजं सदा ॥ ९६ ॥ नीडात्तमाकृष्य तदा पूजनीयाकृतात्ततः ॥ क्रीडता राजपुत्रेण कदाचिच्चटकः स तु ॥ ९७ ॥ निगृहीतः कन्धरायां शिशुना दृढमुष्टिना ॥ दुर्भङ्गमुष्टिना राजन्नसून्सद्यस्त्वजीजहत् ॥ ९८ ॥ तं तु पञ्चत्वमापन्नं व्यात्तास्यं बालघातितम् ॥ कथंचिन्मोचितं दृष्ट्वा नृपतिर्दुःखितोऽभवत् ॥ ९९ ॥ धात्रीं तस्य जगर्हे तां तदाऽश्रुपरमो नृपः ॥ तस्थौ शोकान्वितो राजा शोचंस्तं चटकं तदा ॥ १०० ॥ पूजनीयाऽपि तत्कालं गृहीत्वा तु फलद्वयम् ॥ ब्रह्मदत्तस्य भवनमाजगाम वनेचरी ॥ १०१ ॥ अथापश्यत्तमागम्य गृहे तस्मिन्नराधिप ॥ पञ्चभूतपरित्यक्तं शोच्यं तं स्वतनूद्भवम् ॥ १०२ ॥ मुमोह दृष्ट्वा तं पुत्रं पुनः संज्ञामथालभत् ॥ लब्धसंज्ञा च सा राजन्विललाप तपस्विनी ॥ १०३ ॥

तथा पक्षिणीके बच्चेको लेकर साथ-साथ खेलाती थी ॥९५॥९६॥ एक दिन खेल-खेलमें राजकुमारने पक्षिणीके बच्चे चटकको घोंसलेसे निकाल लिया और दोनों कठोर मुट्ठियोंसे उसकी गर्दन पकड़कर ऐसा दबोचा कि वह मर ही गया ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ धात्रीने बड़ी कठिनाईसे उसकी मुट्ठी खोलकर पक्षिशावकको छुड़ाया, किन्तु वह मर चुका था । उसका मुँह खुला था । उसे इस दशामें देखकर महाराज ब्रह्मदत्त बहुत दुखी हुए ॥ ९९ ॥ आँखोंमें आँसू भरके उन्होंने धायको बहुत डाँटा-फटकारा और उस पक्षिशावकके शोकसे व्याकुल हो उठे ॥ १०० ॥ हे महाराज ! तभी वनविहारिणी पक्षिणी पूजनीया भी चोंचमें दो फल लिये वहाँ आ पहुँची। आकर उसने ज्योंही अपने बच्चेको मरा देखा, त्योंही वह मूर्छित हो गयी । कुछ देर बाद होश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आया तो वह बेचारी करुण स्वरसे विलाप करने लगी ॥ १०१-१०३ ॥ पूजनीया बोली—पुत्र ! मैं तुम्हें पुकारती हुई तुम्हारे पास आ पहुँची हूँ । तुम भूखके कारण अपना पीला मुँह बाये लाल तालु दिखलाते और अव्यक्त भाषामें कुछ बोलते हुए मेरे पास क्यों नहीं आते ? ॥१०४॥१०५॥ मैं नित्य आते ही तुम्हें अपने पङ्खोंमें लपेटकर मारे हर्षके कुछ बोलने लगती थी और तुम भी चीची-कूची जैसे शब्दोंमें कुछ कहने लगते थे, किन्तु आज तुम्हारी वह प्यारी बोली मैं क्यों नहीं सुन रही हूँ ? ॥ १०६ ॥ मेरी प्रबल इच्छा थी कि तुम अपने दोनों पङ्ख फड़फड़ाते हुए मेरे पास आओगे और जल माँगोगे ॥ १०७ ॥ लेकिन तुम्हारी अकाल मृत्युसे मेरी वह कामना सर्वथा नष्ट हो गयी । इस प्रकार बड़ी देरतक विलाप करनेके बाद वह राजासे बोली—॥ १०८ ॥ हे क्षत्रियाधम ! तुम तो मूर्धाभिषिक्त राजा हो और सनातन धर्मको भली-भाँति जानते हो । तब बताओ कि धात्रीकी सहायतासे मेरे बच्चेको घोंसलेसे

पूजनीयोवाच ॥ न तु त्वमागतां पुत्र वाशन्तीं परिसर्पसि ॥ कुर्वंश्चाटुसहस्राणि अव्यक्तकलया गिरा ॥ १०४ ॥ व्यादितास्यः क्षुधार्त्तश्च पीतेनास्येन पुत्रक ॥ शोणेन तालुना पुत्र कथमद्य न सर्पसि ॥ १०५ ॥ पक्षाभ्यां त्वां परिष्वज्य ननु वाशामि चाप्यहम् ॥ चीचीकूचीति वाशन्तं त्वामद्य न शृणोमि किम् ॥ १०६ ॥ मनोरथो यस्तु मम पश्येयं पुत्रकं कदा ॥ व्यात्तास्यं वारि याचन्तं स्फुरत्पक्षं ममाग्रतः ॥ १०७ ॥ स मे मनोरथो भग्नस्त्वयि पञ्चत्वमागते ॥ विलप्यैवं बहुविधं राजानमथ साऽब्रवीत् ॥ १०८ ॥ ननु मूर्द्धाभिषिक्तस्त्वं धर्मं वेत्सि सनातनम् ॥ अथ कस्मान्मम सुतं धात्र्या घातितवानसि ॥ १०९ ॥ तव पुत्रेण चाकृष्य क्षत्रियाधम शंस मे ॥ न च नूनं श्रुता तेऽभूदियमाङ्गिरसी श्रुतिः ॥ ११० ॥ शरणागतः क्षुधार्त्तश्च शत्रुभिश्चाप्युपद्रुतः ॥ चिरोषितश्च स्वगृहे पातव्यः सर्वदा भवेत् ॥ १११ ॥ अपालयन्नरो याति कुम्भीपाकमसंशयम् ॥ कथमस्य हविर्देवा गृह्णन्ति पितरः स्वधाम् ॥ ११२ ॥ एवमुक्त्वा महाराज दशधर्मगता सती ॥ शोकार्ता तस्य बालस्य चक्षुषी निर्बिभेद सा ॥ ११३ ॥ कराभ्यां राजपुत्रस्य ततस्तत्क्षुरस्फुटत् ॥ कृत्वा चान्धं नृपसुतमुत्पपात ततोऽम्बरम् ॥ ११४ ॥ अथ राजा सुतं दृष्ट्वा पूजनीयामुवाच ह ॥ विशोका भव कल्याणि कृतं ते भीरु शोभनम् ॥ ११५ ॥ गतशोका निवर्तस्व अजर्यं सख्यमस्तु ते ॥ पुरेव वस भद्रं ते निवर्तस्व रमस्व च ॥ ११६ ॥ पुत्रपीडोद्भवश्चापि न कोपः परमस्त्वयि ॥ ममास्ति सखि भद्रं ते कर्तव्यं च कृतं त्वया ॥ ११७ ॥ पूजनी-

निकालकर अपने बालकके द्वारा क्यों मरवा डाला ? क्या कभी तुमने अङ्गिराकी यह श्रुति नहीं सुनी थी ?—॥ १०९ ॥ ११० ॥ शरणागत, क्षुधार्त, शत्रुने जिसका पीछा किया हो और जो चिरकालतक अपने घरमें रह चुका हो, ऐसे लोगोंकी सब प्रकारसे रक्षा करनी चाहिए ॥ १११ ॥ जो मनुष्य ऐसे प्राणियोंकी रक्षा नहीं करता, वह अवश्य कुम्भीपाक नरकमें जाता है और देवता-पितर किसी भी तरह उसका दिया हुआ हव्य-कव्य नहीं स्वीकार करते ॥११२॥ हे धर्मराज ! शोकसे आर्त पूजनीयाने ऐसा कहा और विवेकशून्य होकर राजकुमारकी दोनों आँखें निकाल लीं । इस प्रकार राजपुत्रको अन्धा करके वह आकाशमें उड़ गयी ॥ ११३ ॥ ११४ ॥ पुत्रकी यह दशा देखकर राजाने कहा—कल्याणी ! तुमने बहुत ठीक किया । अब तुम शोक त्यागकर फिर लौट आओ ! मैं चाहता हूँ कि पहलेकी तरह मेरा-तुम्हारा अखण्ड मैत्रीभाव बना रहे । तुम लौट आओ और यहीं रहो ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ पुत्रकी आँखें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फोड़नेके कारण तुमपर मेरे मनमें तनिक भी द्वेषभाव नहीं है। हे सखो ! तुमने जो किया, सो ठीक है ॥ ११७ ॥ पूजनीया बोली—हे राजशार्दूल ! जिस तरह मुझे अपने पुत्रके मरण-का दुःख है, उसी प्रकार आपको भी अपने पुत्रके अन्धे होनेका दुःख हुआ होगा। आपके पुत्रको अन्धा करनेका महान् अपराध करके मैं आपके घरमें नहीं रहना चाहती ॥११८॥ हे राजन् ! महर्षि शुक्राचार्यकी कही हुई कुछ बातें मैं आपको सुना रही हूँ। उन्हें सुनिए—कुमित्र, कुदेश, अधम राजा, कुत्सित सौहाद, कुपुत्र तथा कुभार्याको दूरसे ही त्याग देना चाहिए ॥११९॥ क्योंकि कुमित्रके साथ मित्रता नहीं निभती। कुभार्यामें प्रेम नहीं हो सकता। कुपुत्रसे पिण्डदान नहीं मिलता और दुष्ट राजामें सत्यका अस्तित्व नहीं रहता ॥ १२० ॥ कुत्सित सौहार्द-वाले प्राणीपर विश्वास होना कठिन होता है और कुदेशमें रहनेसे जीवित नहीं रहा जा सकता। दुष्ट राजाके राज्यमें रहनेसे सदा भय बना रहता है और कुपुत्रसे दुःख ही दुःख मिलता है ॥ १२१ ॥ जो प्राणी अपकारी व्यक्तिपर विश्वास करता है, वह दुर्बल और अनाथकी तरह शीघ्र नष्ट हो जाता है ॥ १२२ ॥ अविश्वासीपर विश्वास न करे और विश्वस्त व्यक्तिपर भी

योवाच ॥ आत्मौपम्येन जानामि पुत्रस्नेहं तवाप्यहम् ॥ न चाहं वस्तुमिच्छामि तव पुत्रमचक्षुषम् ॥ कृत्वा वै राजशार्दूल त्वद्गृहे कृतकि-
ल्बिषा ॥ ११८ ॥ गाथाश्चाप्युशनोगीता इमाः शृणु मयेरिताः ॥ कुमित्रं च कुदेशं च कुराजानं कुसौहृदम् ॥ कुपुत्रं च कुभार्यां च दूरतः परि-
वर्जयेत् ॥ ११९ ॥ कुमित्रे सौहृदं नास्ति कुभार्यायां कुतो रतिः ॥ कुतः पिण्डः कुपुत्रे वै नास्ति सत्यं कुराजनि ॥ १२० ॥ कुसौहृदे क्व
विश्वासः कुदेशे न तु जीव्यते ॥ कुराजनि भयं नित्यं कुपुत्रे सर्वतोऽसुखम् ॥ १२१ ॥ अपकारिणि विस्रम्भं यः करोति नराधमः ॥ अनाथो
दुर्बलो यद्वन्न चिरं स तु जीवति ॥१२२॥ न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नाति विश्वसेत् ॥ विश्वासाद्भयमुत्पन्नं मूलान्यपि निकृन्तति ॥१२३॥ राजसेविषु
विश्वासं गर्भसंकरितेषु च ॥ यः करोति नरो मूढो न चिरं स तु जीवति ॥१२४॥ अभ्युन्नतिं प्राप्य नरः प्रावारः कीटको यथा ॥ स विनश्यत्यसंदेहमाहै-
वमुशना नृप ॥ १२५ ॥ अपि मार्दवभावेन गात्रं संलीय बुद्धिमान् ॥ अरिं नाशयते नित्यं यथा वल्ली महाद्रुमम् ॥ १२६ ॥ मृदुरार्द्रः कृशो
भूत्वा शनैः संलीयते रिपुः ॥ वल्मीक इव वृक्षस्य पश्चान्मूलानि कृन्तति ॥ १२७ ॥ अद्रोहसमयं कृत्वा मुनीनामग्रतो हरिः ॥ जघान नमुचिं
पश्चादपां फेनेन पार्थिव ॥ १२८ ॥ सुप्तं मत्तं प्रमत्तं वा घातयन्ति रिपुं नराः ॥ विषेण वह्निना वाऽपि शस्त्रेणाप्यथ मायया ॥ १२९ ॥ न च

अत्यधिक विश्वास न करे। क्योंकि उस विश्वाससे जो भय उत्पन्न होता है, वह प्राणीको समूल नष्ट कर देता है ॥ १२३ ॥ जो मनुष्य राजसेवक तथा जन्मसे वर्णसंकर मनुष्यपर विश्वास करता है, वह मूर्ख शीघ्र नष्ट हो जाता है ॥१२४॥ ऐसे लोगोंके सम्पर्कमें रहकर मनुष्य चाहे कितनी ही उन्नति क्यों न कर ले, एकदिन उसे पङ्ख उगे चींटेकी तरह अवश्य नष्ट हो जाना पड़ता है। यह शुक्राचार्यका कथन है ॥१२५॥ जैसे वल्लरी महान् वृक्षसे लिपटकर उसे नष्ट कर देती है, वैसेही बुद्धिमान् शत्रु बहुत नम्र तथा मृदु शत्रुके बीच घुस-पैठ जाता और उसको समाप्त कर देता है ॥ १२६ ॥ जैसे मृदु, आर्द्र और कृश होकर दीमक वृक्षसे चिपट जाती है और बादमें वृक्षको समूल नष्ट कर देती है, उसी तरह शत्रु धीरेसे घुल-मिल जाता और बादमें अपने शत्रुकी जड़तक नष्ट कर देता है ॥ १२७ ॥ हे राजन् ! देवराज इन्द्रने मुनियोंके समक्ष प्रतिज्ञा की थी कि मैं किसीका कोई अनिष्ट न करूँगा, किन्तु बादमें फेन लपेटे हुए वज्रसे उन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नमुचिको मार डाला था ॥ १२८ ॥ शत्रु सुप्त (सोया हुआ) या प्रमत्त (पागल) ही क्यों न हो, लोग उसे विष, अग्नि, अस्त्रसे अथवा कोई छल करके मार डालते हैं ॥ १२९ ॥ शत्रु, अग्नि और ऋणका शेष रखना कभी भी उचित नहीं कहा जा सकता। क्योंकि इनका कुछ भी अंश शेष रहनेसे वह अंश फिर बढ़ जाता है। इसी उपमाको ध्यानमें रखकर लोग वैर बढ़नेके भयसे शत्रुको समूल नष्ट कर देते हैं। उसमेंसे शेष कुछ भी नहीं छोड़ते ॥१३०॥१३१॥ वैरी अपने शत्रुसे घुल-मिलकर हँसी-मजाक करता है, मीठी-मीठी बातें करता है, एक ही थालीमें भोजन करता है और एक ही आसनपर बैठता है, किन्तु उसके अपराधका बराबर स्मरण करता रहता है ॥ १३२ ॥ सम्बन्ध हो जानेपर भी शत्रुपर विश्वास न करे। क्योंकि दामाद बनकर भी इन्द्रने रणभूमिमें पुलोमाका वध किया था॥ १३३ ॥ जो व्यक्ति मनमें वैरभाव रखकर मुखसे मीठी बातें करता हो तो जैसे मृगका बहेलियेके पास जाना उचित नहीं होता, उसी प्रकार प्राणी ऐसे मनुष्यके पास न जाय ॥ १३४ ॥ वैरभाव बढ़ जानेपर शत्रुके पास न रहे। क्योंकि नदीका वेग जैसे समीपवर्ती वृक्षको ढहा देता है, वैसे ही वह शत्रु उसे सर्वथा नष्ट

शेषं प्रकुर्वन्ति पुनर्वैरभयान्नराः ॥ घातयन्ति समूलं हि श्रुत्वेमामुपमां नृप ॥ १३० ॥ शत्रुशेषमृणाच्छेषं शेषमग्नेश्च भूमिप ॥ पुनर्वर्धेत संभूय तस्माच्छेषं न शेषयेत् ॥ १३१ ॥ हसते जल्पते वैरी एकपात्रे भुनक्ति च ॥ एकासनं चारोहति स्मरते तच्च किल्बिषम् ॥ १३२ ॥ कृत्वा सम्बन्धकं चापि विश्वसेच्छत्रुणा न हिं ॥ पुलोमानं जघानाजौ जामाता सञ्शतक्रतुः ॥ १३३ ॥ निधाय मनसा वैरं प्रियं वक्तीह यो नरः ॥ उपसर्पेन्न तं प्राज्ञः कुरङ्ग इव लुब्धकम् ॥ १३४ ॥ न चासन्ने निवस्तव्यं सवैरे वर्धिते रिपौ ॥ पातयेत्तं समूलं हि नदीरय इव द्रुमम् ॥ १३५ ॥ अमित्रादुन्नतिं प्राप्य नोन्नतोऽस्मीति विश्वसेत् ॥ तस्मात्प्राप्योन्नतिं नश्येत्प्रावार इव कीटकः ॥ १३६ ॥ इत्येता ह्युशनोगीता गाथा धार्या विपश्चिता ॥ कुर्वता चात्मरक्षां वै नरेण पृथिवीपते ॥ १३७ ॥ मयापि किल्बिषं तुभ्यं प्रयुक्तमतिदारुणम् ॥ पुत्रमन्धं प्रकुर्वन्त्या तस्मान्नो विश्वसे त्वयि ॥ १३८ ॥ एवमुक्त्वा प्रदुद्राव तदाऽऽकाशे पतङ्गिनी ॥ इत्येतत्ते मयाऽऽख्यातं पुराभूतमिदं नृप ॥ १३९ ॥ ब्रह्मदत्तस्य राजेन्द्र यद्वृत्तं पूजनीयया ॥ श्राद्धं च पृच्छसे यन्मां युधिष्ठिर महामते ॥ १४० ॥ अतस्ते वर्तयिष्येऽहमितिहासं पुरातनम् ॥ गीतं सनत्कुमारेण मार्कण्डेयाय पृच्छते ॥ १४१ ॥ श्राद्धस्य फलमुद्दिश्य नियतं सुकृतस्य च ॥ तन्निबोध महाराज सप्तजातिषु भारत ॥ १४२ ॥ सगालवस्य चरितं कण्डरीकस्य

कर देता है ॥ १३५ ॥ शत्रुकी सहायतासे उन्नतिको प्राप्त मनुष्य अपनेको उन्नत न समझे। शत्रुके द्वारा उन्नत मनुष्य पङ्ख उगे चींटेकी तरह नष्ट हो जाता है ॥ १३६ ॥ हे महाराज युधिष्ठिर! आत्मरक्षा करता हुआ मनुष्य शुक्राचार्यकी गायी हुई इन गाथाको सदा ध्यानमें रखे ॥१३७॥ पक्षिणी महाराज ब्रह्मदत्तसे कह रही है—हे राजन्! मैंने भी आपके पुत्रको अन्धा करके बहुत बड़ा अपराध किया है। इसलिए मैं आपपर कदापि विश्वास नहीं कर सकती ॥ १३८ ॥ ऐसा कहकर वह पक्षिणी आकाशमें उड़ गयी। हे धर्मराज! इस प्रकार मैंने आपको राजा ब्रह्मदत्त तथा पूजनीया पक्षिणीका प्राचीन वृत्तान्त कह सुनाया। श्राद्धके विषयमें जो आपका प्रश्न है, उसके उत्तरमें मैं आपको एक प्राचीन इतिहास सुनाऊँगा। महर्षि मार्कण्डेयके पूछनेपर सनत्कुमारजीने इसे कहा था ॥१३९–१४१॥ उन्होंने श्राद्धफल तथा सत्कार्यके उद्देश्यसे गालव, कण्डरीक तथा ब्रह्मदत्त इन तीन योगी ब्रह्मचारियोंके सात जन्मोंके चरित्रका भी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वर्णन किया है, उसे सुनिए ॥ १४२ ॥ १४३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां विंशोऽध्यायः ॥ २० ॥

श्रीमार्कण्डेय मुनि बोले—हे भीष्म! श्राद्धसे प्रतिष्ठा प्राप्त होती है और श्राद्धके द्वारा ही योग एवं मोक्ष मिलता है। अतएव अब मैं आपको श्राद्धके उत्तम फल बता रहा हूँ ॥ १ ॥ ब्रह्मदत्तने सात जन्मोंमें श्राद्धका जो उत्कृष्ट फल पाया था और पूर्वकालमें उन ब्राह्मणोंने गोवध जैसा जघन्य अपराध करके भी श्राद्धका जो फल प्राप्त किया था, वही वृत्तान्त मैं आपको सुना रहा हूँ। क्योंकि इसे सुननेसे धार्मिक बुद्धि बढ़ती है ॥ २ ॥ ३ ॥ भगवान सनत्कुमारने पहले जिन अधार्मिक तथा पितृव्रतपरायण सात ब्राह्मणोंकी चर्चा की थी, उन्हें देखनेके लिए मैं स्वयं कुरुक्षेत्र गया। वहाँ मैंने अपनी दिव्य दृष्टिसे उन वाग्दुष्ट, क्रोधन, हिंस्र, पिशुन, कवि, खसृम तथा पितृवर्ती नामके सातों ब्राह्मणोंको देखा ॥ ४ ॥ ५ ॥ वे

चैव हि ॥ ब्रह्मदत्ततृतीयानां योगिनां ब्रह्मचारिणाम् ॥ १४३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि चटकाख्यानं नाम विंशोऽध्यायः ॥ २० ॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ श्राद्धे प्रतिष्ठितो लोकः श्राद्धे योगः प्रवर्त्तते ॥ हन्त ते कथयिष्यामि श्राद्धस्य फलमुत्तमम् ॥ १ ॥ ब्रह्मदत्तेन यत्प्राप्तं सप्तजातिषु भारत ॥ तत एव हि धर्मस्य बुद्धिर्निर्वर्तते शनैः ॥ २ ॥ पीडयाऽप्यथ धर्मस्य कृते श्राद्धे पुराऽनघ ॥ यत्प्राप्तं ब्राह्मणैः पूर्वं तन्निबोध महामते ॥ ३ ॥ ततोऽहं तानधर्मिष्ठान्कुरुक्षेत्रे पितृव्रतान् ॥ सनत्कुमारनिर्दिष्टानपश्यं सप्त वै द्विजान् ॥ ४ ॥ दिव्येन चक्षुषा तेन यानुवाच पुरा विभुः ॥ वाग्दुष्टः क्रोधनो हिंस्रः पिशुनः कविरेव च ॥ खसृमः पितृवर्ती च नामभिः कर्मभिस्तथा ॥ ५ ॥ कौशिकस्य सुतास्तात शिष्या गार्ग्यस्य भारत ॥ पितर्युपरते सर्वे व्रतवन्तस्तदाऽभवन् ॥ ६ ॥ विनियोगाद्गुरोस्तस्य गां दोग्ध्रीं समकालयन् ॥ समानवत्सां कपिलां सर्वे न्यायागतां तदा ॥ ७ ॥ तेषां पथि क्षुधार्तानां बाल्यान्मोहाच्च भारत ॥ क्रूरा बुद्धिः समभवत्तां गां वै हिंसितुं तदा ॥ ८ ॥ तान्कविः खसृमश्चैव याचेते नेति वै तदा ॥ न चाशक्यन्त ते ताभ्यां तदा वारयितुं द्विजाः ॥ ९ ॥ पितृवर्ती तु यस्तेषां नित्यं श्राद्धाह्निको द्विजः ॥ स सर्वानब्रवी-द्भ्रातॄन्कोपाद्धर्मे समाहितः ॥ १० ॥ यद्यवश्यं प्रहन्तव्या पितॄनुद्दिश्य साध्वियम् ॥ प्रकुर्वीमहि गां सम्यक्सर्व एव समाहिताः ॥ ११ ॥ एव-मेषाऽपि गौर्धर्मं प्राप्स्यते नात्र संशयः ॥ पितॄनभ्यर्च्य धर्मेण नाधर्मोऽस्मान्भविष्यति ॥ १२ ॥ तथेत्युक्त्वा च ते सर्वे प्रोक्षयित्वा च गां ततः ॥

कुशिकतनय विश्वामित्रके पुत्र और मुनिवर गर्गके शिष्य थे। पिताके शाप देकर शान्त हो जानेपर वे सातों ब्राह्मण ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके महर्षि गर्गके आश्रममें रहने लगे ॥ ६ ॥ एक दिन गुरुकी आज्ञासे वे उनकी दुधार तथा अपने ही समान बछड़ेवाली कपिला गौको चरानेके लिए वनमें ले गये ॥ ७ ॥ मार्गमें जाते-जाते उन्हें बड़ी भूख लगी, जिससे उनके मनमें उस गौको मार डालनेकी दुष्ट बुद्धि उत्पन्न हुई ॥ ८ ॥ इस समय उनमेंसे कवि तथा खसृम इन दोनों भाइयोंने उनसे वैसा न करनेकी प्रार्थना की। किन्तु वे अपने अन्य भ्राताओंको रोक नहीं सके ॥ ९ ॥ उनमेंसे नित्य श्राद्धमें तत्पर पितृवर्ती नामके भ्राताने कुपित होकर कहा—॥ १० ॥ यदि तुम लोगोंने इस गौको मारनेका ही पक्का निश्चय कर लिया हो तो पितृश्राद्धके उपलक्ष्यमें भक्तिपूर्वक इसका वध करो ॥ ११ ॥ ऐसा करनेसे गौको भी सद्गति प्राप्त हो जायगी। इसमें संशय नहीं है। धर्मके अनुसार पितरोंकी पूजा करनेसे हमको भी पाप न लगेगा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥१२॥ अन्तमें सातों भाई इस बातपर एकमत हो गये। तदनुसार गौका प्रोक्षण करके उन्होंने पितरोंके उद्देश्यसे मार डाला और सब मिलकर उसे खा गये ॥ १३ ॥ इसके बाद गुरु गर्गके पास एकसाथ जाकर उन्होंने कहा—भगवन्! वनमें गौको बाघ खा गया। उसका बछड़ा लेता आया हूँ। उसे लीजिए ॥ १४ ॥ सरल स्वभाववाले गर्ग मुनिने बछड़ेको ले लिया। इस प्रकार अन्यायपूर्वक वे लोग गुरुकी सेवा करते रहे और आयु पूर्ण होनेपर कालकवलित हो गये ॥ १५ ॥ इसके बाद अपनी क्रूरता तथा गुरुके साथ असभ्य बर्तात्र करनेके कारण वे सातों हिंसक, उग्रस्वभाव और बलवान् होकर एक बहेलियेके यहाँ जनमे ॥१६॥ पूर्व जन्ममें उन्होंने गौका प्रोक्षण करके उससे पितृश्राद्ध किया था, इस कारण इस जन्ममें उन्हें अपने पूर्वजन्मकी सब बातें याद थीं। वे विद्वान् थे। अतएव सत्कर्मका अनुसन्धान करने लगे। इस प्रकार वे धर्मात्मा सातों भाई दशार्ण देशमें व्याधके रूपमें उत्पन्न हुए ॥ १७ ॥ १८ ॥

पितृभ्यः कल्पयित्वैनामुपायुञ्जन्त भारत ॥ १३ ॥ उपयुज्य च गां सर्वे गुरोस्तस्य न्यवेदयन् ॥ शार्दूलेन हता धेनुर्वत्सोऽयं गृह्यतामिति ॥ १४ ॥ आर्जवात्स तु तं वत्सं प्रतिजग्राह वै द्विजः ॥ ॥ मिथ्योपचर्यते तं तु गुरुमन्यायतो द्विजाः ॥ कालेन समयुज्यन्त सर्व एवायुषः क्षये ॥ १५ ॥ ते वै क्रूरतया हिंस्रा अनार्यत्वाद्गुरौ तथा ॥ उग्रा हिंसाविहाराश्च सप्ताजायन्त सोदराः ॥ १६ ॥ लुब्धकस्यात्मजास्तात बलवन्तो मनस्विनः ॥ पितॄनभ्यर्च्य धर्मेण प्रोक्षयित्वा च गां तदा ॥ १७ ॥ स्मृतिः प्रत्यवमर्शश्च तेषां जात्यन्तरेऽभवत् ॥ जाता व्याधा दशार्णेषु सप्त धर्मविचक्षणाः ॥ १८ ॥ स्वकर्मनिरताः सर्वे लोभानृतविवर्जिताः ॥ तावन्मात्रं प्रकुर्वन्ति यावता प्राणधारणम् ॥ १९ ॥ शेषं ध्यानपराः कालमनुध्यायन्ति कर्म तत् ॥ नामधेयानि चाप्येषामिमान्यासन्नराधिप ॥ २० ॥ निर्वैरो निर्वृतिः शान्तो निर्मन्युः कृतिरेव च ॥ वैधसो मातृवर्ती च व्याधाः परमधार्मिकाः ॥ २१ ॥ तैरेवमुषितैस्तात हिंसाधर्मरतैः सदा ॥ माता च पूजिता वृद्धा पिता च परितोषितः ॥ २२ ॥ यदा माता पिता चैव संयुक्तौ कालधर्मणा ॥ तदा धनूंषि ते त्यक्त्वा वने प्राणानवासृजन् ॥ २३ ॥ शुभेन कर्मणा तेन जाता जातिस्मरा मृगाः ॥ त्रासानुत्पाद्य संविग्ना रम्ये कालञ्जरे गिरौ ॥ २४ ॥ उन्मुखो नित्यवित्रस्तः स्तब्धकर्णो विलोचनः ॥ पण्डितो घस्मरो नादी नामतस्तेऽभवन्मृगाः ॥ २५ ॥ तमेवार्थमनुध्यान्तो जातिस्मरणसंभवम् ॥ आसन्वनचराः क्षान्ता निर्द्वन्द्वा निष्परिग्रहाः ॥ २६ ॥ ते सर्वे शुभकर्माणः सधर्माणो वनेचराः ॥ योगधर्ममनुप्राप्ता

इस जन्ममें वे स्वधर्मपरायण एवं असत्य तथा लोभसे हीन थे। वे केवल प्राणधारणके लिए काम करते थे ॥ १९ ॥ जीविका-साधनके बादका सारा समय वे चिन्तापरायण होकर अपने कर्तव्यका ध्यान करनेमें बिताते थे। हे राजन्! उनके नाम ये थे—॥ २० ॥ निर्वैर, निर्वृति, शान्त, निर्मन्यु, कृति, वैधस और मातृवर्ती। वे सातों व्याधे बड़े धर्मात्मा थे ॥ २१ ॥ वे हिंसाधर्मपरायण होकर सदा व्याधोंके बीचमें रहते हुए भी वृद्ध माता-पिताकी सेवामें संलग्न रहते थे ॥ २२ ॥ जब उनके पिता माता मर गये, तब उन्होंने धनुष-बाण त्याग दिया और वनमें उपवास करके अपने प्राण त्याग दिये ॥ २३ ॥ अपने पूर्वकृत शुभ कर्मोंके कारण वे कालंजर पर्वतपर सात मृग होकर जनमे ॥ २४ ॥ उन मृगोंके ये नाम थे—उन्मुख, नित्यवित्रस्त, स्तब्धकर्ण, विलोचन, पण्डित, घस्मर और नादी ॥ २५ ॥ इस जन्ममें भी उन्हें पूर्वजन्मकी सभी बीती बातें स्मरण थीं। अतएव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे क्षमाशील, निर्द्वन्द्व और निष्परिग्रह रहकर योगावलम्बन करते हुए वनमें विचरा करते थे ॥ २६ ॥ २७ ॥ बादमें उन्होंने पर्वतपरसे गिरकर अपने प्राण त्यागे। इस प्रकारका कठोर व्रत साधन करनेके कारण कालंजर पर्वतपर आज भी उन मृगोंके पदचिह्न दिखाई देते हैं ॥ २८ ॥ हे तात ! उस शुभ कर्मके प्रभावसे वे पहलेकी अपेक्षा शुभ चक्रवाक पक्षीकी योनिको प्राप्त हुए ॥ २९ ॥ अब स्त्रीसंग त्याग तथा ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके मुनिधर्मका पालन करते हुए वे शरद्वीपके जलीय प्रदेशमें रहने लगे ॥ ३० ॥ उनके नाम थे—निस्पृह, निर्मम, क्षान्त, निर्द्वन्द्व, निष्परिग्रह, निर्वृति और निभृत ॥ ३१ ॥ इन सातों पक्षियोंने धर्मचारी, ब्रह्मचारी एवं तपःपरायण होकर एक नदीके तटपर अनशन करके अपने प्राण त्यागे ॥ ३२ ॥ अब ये सातों सहोदर भाई मानसरोवरमें हंस होकर जनमे। इस जन्ममें भी इन्हें पूर्व जन्मकी सब बातें स्मरण थीं। इस कारण वे सब ब्रह्मचारी

विहरन्ति स्म तत्र ह ॥ २७ ॥ जहुः प्राणान्मरुं साध्य लब्धहासास्तपस्विनः ॥ तेषा मरुं साध्यतां पदस्थानानि भारत ॥ तथैवाद्यापि दृश्यन्ते गिरौ कालञ्जरे नृपः ॥ २८ ॥ कर्मणा तेन ते तात शुभेनाशुभवर्जिताः ॥ शुभाच्छुभतरां योनिं चक्रवाकत्वमागताः ॥ २९ ॥ शुभे देशे शरद्वीपे सप्तैवासञ्जलौकसः ॥ त्यक्त्वा सहचरीधर्मं मुनयो ब्रह्मचारिणः ॥ ३० ॥ निःस्पृहो निर्ममः क्षान्तो निर्द्वन्द्वो निष्परिग्रहः ॥ निर्वृतिर्निभृतश्चैव शकुना नामतः स्मृताः ॥ ३१ ॥ ते तत्र पक्षिणः सर्वे शकुना धर्मचारिणः ॥ निराहारा जहुः प्रणांस्तपोयुक्ताः सरित्तटे ॥ ३२ ॥ अथ ते सोदरा जाता हंसा मानसचारिणः ॥ जातिस्मराः सुसंयुक्ताः सप्तैव ब्रह्मचारिणः ॥ ३३ ॥ विप्रयोनौ यतो मोहान्मिथ्योपचरितो गुरुः ॥ तिर्यग्योनौ ततो जाताः संसारे परिबभ्रमुः ॥ ३४ ॥ यतश्च पितृवाक्यार्थः कृतः स्वार्थे व्यवस्थितैः ॥ ततो ज्ञानं च जातिं च ते हि प्रापुर्गुणोत्तराम् ॥ ३५ ॥ सुमनाः शुचिवाक्शुद्धः पञ्चमश्छिद्रदर्शनः ॥ सुनेत्रश्च स्वतंत्रश्च शकुना नामतः स्मृताः ॥ ३६ ॥ पञ्चमः पाञ्चिकस्तत्र सप्तजातिष्वजायत ॥ षष्ठस्तु कण्डरीकोऽभूद्ब्रह्मदत्तस्तु सप्तमः ॥ ३७ ॥ तेषां तु तपसा तेन सप्तजातिकृतेन वै ॥ योगस्य चापि निर्वृत्या प्रतिभानाच्च शोभनात् ॥ ३८ ॥ पूर्वजातिषु तद्ब्रह्म श्रुतं गुरुकुलेषु वै ॥ तथैवावस्थिता बुद्धिः संसारेष्वपि वर्तताम् ॥ ३९ ॥ ते ब्रह्मचारिणः सर्वे विहङ्गा ब्रह्मवादिनः ॥ योगधर्ममनुध्यान्तो विहरन्ति स्म तत्र ह ॥ ४० ॥ तेषां तत्र विहङ्गानां चरतां सहचारिणाम् ॥ नीपानामीश्वरो राजा विभ्राजः

थे ॥ ३३ ॥ ब्राह्मणयोनिमें वे गुरुके समक्ष झूठ बोले थे। इस कारण उन्हें पक्षीयोनिमें जन्म लेकर संसारका चक्कर काटना पड़ा ॥ ३४ ॥ उन्होंने पूर्वजन्ममें पिताकी आज्ञाका पालन किया था। इसी कारण इस जन्ममें उन्हें उत्कृष्ट ज्ञान और उत्कृष्ट जाति मिली थी ॥ ३५ ॥ उन सातों हंसोंके नाम थे—सुमना, शुचिवाक्, शुद्ध, पंचम, छिद्रदर्शन, सुनेत्र और स्वतंत्र ॥ ३६ ॥ उनमेंसे पञ्चम (कवि) पाञ्चिक, षष्ठ (खसृम) कण्डरीक एवं सप्तम (पितृवर्ती) ब्रह्मदत्तके रूपमें परिणत हो गये ॥ ३७ ॥ सात जन्मोंके तपोबल, योगाभ्यास तथा पूर्वजन्ममें उन्होंने गुरुके पास रहकर जो वेदाध्ययन किया था, उसके प्रभावसे इस पक्षीयोनिमें भी उन्हें वही वैदिकी बुद्धि प्राप्त हो गयी थी ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ अतएव वे हंस ब्रह्मचारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होकर योगधर्मका अनुशीलन करते हुए संसारमें भ्रमण करने लगे ॥ ४० ॥ जब कि वे सातों हंस साथ-साथ भ्रमण कर रहे थे। उसी समय पुरुवंशी एवं परम प्रतापी नीपपति महाराज विभ्राज अपनी स्त्रियोंके साथ उस वनमें जा पहुँचे ॥४१॥४२॥ राजाको देखकर स्वतंत्र नामके हंसने विचार किया कि यदि मेरे पास कुछ भी पुण्यबल, तपस्या तथा व्रतका प्रभाव हो तो मैं भी इस राजाके जैसा ही रूपवान् राजा हो जाऊँ। क्योंकि नित्यके उपवास और निष्फल तपस्यासे मैं ऊब गया हूँ ॥४३ ४४॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकामेकविंशोऽध्यायः ॥२१॥

मार्कण्डेय मुनि बोले—हे भीष्म ! उस स्वतंत्र नामवाले हंसके दो सहचारियोंने कहा—जब तुम राजा होओगे तो हम दोनों तुम्हारे प्रिय और हितैषी मन्त्री होंगे ॥ १ ॥ स्वतंत्रने उनकी बात मान ली। इसी समय स्वतंत्रमें योगात्मक बुद्धिकी स्फुरणा हो उठी। जब वे दोनों हंस तथा स्वतंत्र ये तीनों प्रतिज्ञाबद्ध हो गये, तब शुचिवाक् नामके हंसने

पौरवान्वयः ॥ ४१ ॥ विभ्राजमानो वपुषा प्रभावेण समन्वितः ॥ श्रीमानन्तःपुरवृतो वनं तत्प्रविवेश ह ॥ ४२ ॥ स्वतन्त्रश्च विहङ्गोऽसौ स्पृहयामास तं नृपम् ॥ दृष्ट्वा यान्तं श्रियोपेतं भवेयमहमीदृशः ॥ ४३ ॥ यद्यस्ति सुकृतं किञ्चित्तपो वा नियमोऽपि वा ॥ खिन्नोऽस्मि ह्युपवासेन तपसा निष्फलेन च ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि एकविंशोऽध्यायः ॥ २१ ॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ ततस्तं चक्रवाकौ द्वावूचतुः सहचारिणौ ॥ आवां ते सचिवौ स्यावस्तव प्रियहितैषिणौ ॥ १ ॥ तथेत्युक्त्वा च तस्यासीत्तदा योगात्मिका मतिः ॥ एवं ते समयं चक्रुः शुचिवाक्तमुवाच ह ॥ २ ॥ यस्मात्कामप्रधानस्त्वं योगधर्ममपास्य वै ॥ एवं वरं प्रार्थयसे तस्माद्वाक्यं निबोध मे ॥ ३ ॥ राजा त्वं भविता तात काम्पिल्ये नात्र संशयः ॥ भविष्यतः सखायौ च द्वाविमौ सचिवौ तव ॥ ४ ॥ शप्त्वा चानभिभाष्यांस्तांश्चत्वारश्चक्रुरण्डजाः ॥ तांस्त्रीनभीप्सतो राज्यं व्यभिचारप्रधर्षितान् ॥ ५ ॥ शप्ताः खगास्त्रयस्ते तु योगभ्रष्टा विचेतसः ॥ तानयाचन्त चतुरस्त्रयस्ते सहचारिणः ॥ ६ ॥ तेषां प्रसादं ते चक्रुरथैतान्सुमनाऽब्रवीत् ॥ सर्वेषामेव वचनात्प्रसादानुगतं वचः ॥ ७ ॥ अन्तवान्भविता शापो युष्माकं नात्र संशयः ॥ इतश्च्युताश्च मानुष्यं प्राप्य योगमवाप्स्यथ ॥ ८ ॥ सर्वसत्त्वरुतज्ञश्च स्वतन्त्रोऽयं भविष्यति ॥ पितृप्रसादो ह्यस्माभिरस्य प्राप्तः कृतेन वै ॥ ९ ॥ गां प्रोक्षयित्वा धर्मेण पितृभ्य उपकल्प्य ताम् ॥ अस्माकं ज्ञानसंयोगः सर्वेषां योगसाधनः

स्वतन्त्रको शाप देते हुए कहा—॥ २ ॥ जब तुमने योगधर्म त्यागकर स्वेच्छापूर्वक ऐसी अनुचित कामना की है तो तुम अवश्य काम्पिल्य नगरके राजा होओगे और तुम्हारे ये दोनों मित्र मन्त्री बनेंगे ॥ ३ ॥ ४ ॥ इस प्रकार उन राज्याभिलाषी तीनों साथियोंको शाप देकर शुचिवाक् चुप हो गया। इसके बाद उसने उनसे कुछ भी सम्भाषण नहीं किया। इस तरह योगभ्रष्ट और हतबुद्धि होकर वे तीनों जाकर अन्य चारों साथियोंको मनाने लगे ॥ ५ ॥ ६ ॥ इससे वे सब प्रसन्न हो गये। तब उनमेंसे सुमना नामके हंसने कहा—हम सब प्रसन्न होकर कह रहे हैं कि तुम अवश्य शापमुक्त होओगे। इस तिर्यक्योनिको त्यागकर मनुष्यत्व प्राप्त करनेके बाद जब तुम मनुष्यसे श्लोक सुनोगे, तब तुम्हें पुनः योग प्राप्त हो जायगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुममेंसे यह स्वतन्त्र सब जीवोंकी वाणीका अर्थ समझ लेगा। क्योंकि इसीके पुरुषार्थसे हमें पिताकी प्रसन्नता प्राप्त हुई थी और इसीके परामर्शसे उस समय हम लोगोंने प्रोक्षण करके उस कपिलाको पितरोंके प्रीत्यर्थ अर्पण किया था। उसी पुण्यसे हमें योगज्ञान प्राप्त हुआ था ॥ ७-११ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकायां द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

मार्कण्डेय बोले—हे भीष्म ! योगधर्ममें संलग्न एवं मानसरोवरविहारी वे सातों हंस केवल वायु और जलका आहार करते हुए अपना शरीर सुखाने लगे। उनके नाम थे—पद्मगर्भ, अरविन्दाक्ष, क्षीरगर्भ, सुलोचन, उरुबिन्दु, सुबिन्दु और हैमगर्भ ॥१॥२॥ उस समय राजा विभ्राज अन्तःपुरकी स्त्रियोंके साथ उस वनमें उसी तरह भ्रमण करने लगे, जैसे इन्द्र अपने नन्दन वनमें घूमते हैं ॥३॥ घूमते-घूमते उन्होंने देखा कि हंसगण योगाभ्यास कर रहे हैं। उन्हें देखकर राजाके मनमें एक प्रकारकी ग्लानि जागृत हो गयी और वे बार-बार उन्हीं

॥ १० ॥ इमं च वाक्यसंदर्भं श्लोकमेकमुदाहृतम् ॥ पुरुषान्तरितं श्रुत्वा ततो योगमवाप्स्यथ ॥ ११ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पितृवाक्ये द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ ते योगधर्मनिरताः सप्त मानसचारिणः ॥ पद्मगर्भोऽरविन्दाक्षः क्षीरगर्भः सुलोचनः ॥ १ ॥ उरुबिन्दुः सुबिन्दुश्च हैमगर्भस्तु सप्तमः ॥ वाय्वम्बुभक्षाः सततं शरीराण्युपशोषयन् ॥ २ ॥ राजा विभ्राजमानस्तु वपुषा तद्वनं तदा ॥ चचारान्तःपुरवृतो नन्दनं मघवानिव ॥ ३ ॥ स तानपश्यत्खचरान्योगधर्मात्मकान्नृप ॥ निर्वेदाच्च तमेवार्थमनुध्यायन्पुरं ययौ ॥ ४ ॥ अणुहो नाम तस्यासीत्पुत्रः परमधार्मिकः ॥ अणुधर्मरतिर्नित्यमणुं सोऽध्यगमत्पदम् ॥ ५ ॥ प्रादात्कन्यां शुकस्तस्मै कृत्वीं पूजितलक्षणाम् ॥ सत्त्वशीलगुणोपेतां योगधर्मरतां सदा ॥ ६ ॥ सा ह्युद्दिष्टा पुरा भीष्म पितृकन्या मनीषिणी ॥ सनत्कुमारेण तदा सन्निधौ मम शोभना ॥ ७ ॥ सत्यधर्मभृतां श्रेष्ठा दुर्विज्ञेया कृतात्मभिः ॥ योगा च योगपत्नी च योगमाता तथैव च ॥ ८ ॥ यथा ते कथितं पूर्वं पितृकल्पेषु वै मया ॥ विभ्राजस्त्वणुहं राज्ये स्थापयित्वा नरेश्वरः ॥ ९ ॥ आमन्त्र्य पौरान्प्रीतात्मा ब्राह्मणान्स्वस्ति वाच्य च ॥ प्रायात्सरस्तपश्चर्तुं यत्र ते सहचारिणः ॥ १० ॥ स वै तत्र निराहारो

बातोंका चिन्तन करते हुए अपनी राजधानीको लौट गये ॥४॥ राजा विभ्राजके अणुह नामका परम धर्मात्मा पुत्र था। अणु अर्थात् अत्यन्त सूक्ष्म विषयमें ह अर्थात् गमन करनेसे उसका अणुह नाम पड़ा था ॥ ५ ॥ शुकदेवने अपनी सत्त्वशीलसम्पन्न, सुन्दर गुणोंयुक्त, योगधर्मरत एवं सभी अच्छे लक्षणोंसे युक्त कन्या कृत्वीका विवाह अणुहके साथ कर दिया ॥ ६ ॥ हे भीष्म ! पहले सनत्कुमारने कृत्वीको पितृकन्या बताया था ॥ ७ ॥ कृत्वी सत्यधर्मधारिणी स्त्रियोंमें अग्रणी थी और आत्मतत्त्वज्ञानी योगी भी उसका तत्त्व निरूपण करनेमें असमर्थ रहते थे। मैं पितृकल्पमें बता चुका हूँ कि वह योगाचार्यकी पत्नी, योगाचार्यकी माता तथा स्वयं भी योगिनी थी। कुछ समय बाद राजा विभ्राजने अणुहको राज्य सौंप दिया। तदनन्तर पुरवासियोंसे अनुमति प्राप्तकर तथा ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कराके तपस्या करनेके लिए उसी सरोवरपर चले गये, जहाँ उन्होंने उन सहचारी सातों हंसोंको देखा था ॥८-१०॥ उसी सरोवरके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पास भोजन त्यागकर केवल वायुका आहार करते हुए सर्वथा निस्पृहभावसे तप करने लगे ॥ ११ ॥ उनके मनमें केवल एक कामना यह थी कि इन हंसोंमेंसे किसी एक हंसका पुत्र होकर मैं असाधारण योगी हो जाऊँ ॥ १२ ॥ ऐसी कामना करके राजा विभ्राज कठोर तपमें लीन हो गये, जिससे उन महातपस्वीका शरीर देदीप्यमान हो उठा ॥ १३ ॥ उन्हींके कारण उस सरोवर और वनका वैभ्राज नाम पड़ गया ॥ १४ ॥ उस सरोवरके निवासी जो तीन हंस योगभ्रष्ट हो गये थे और बाकी चार योगावलम्बन किये हुए थे, वे सब पापोंसे छुटकारा पाकर काम्पिल्य नगरमें राजा ब्रह्मदत्त आदि नामोंसे उत्पन्न हुए ॥ १५ ॥ १६ ॥ उन सातों साथियोंमें चार साथी योग, ज्ञान, तपस्या तथा वेद-वेदाङ्गके पारदर्शी हो गये और उन्हें पूर्वजन्मका स्मरण बना रहा। किन्तु बाकी तीन साथियोंको पूर्वजन्मकी बातोंका स्मरण नहीं रह गया ॥१७॥ पूर्व संकल्पके अनुसार स्वतंत्र नामका हंस राजा अणुहका पुत्र होकर राजा ब्रह्मदत्त हुआ ॥ १८ ॥ ब्रह्मदत्त कुछ ही समयमें ज्ञान, ध्यान, तपस्या, वेद तथा वेदाङ्गका पारदर्शी हो गया। पूर्वकालमें बाभ्रव्य और वत्स ये दोनों वेद-वेदाङ्गज्ञाता श्रोत्रियके

वायुभक्षो महातपाः ॥ त्यक्त्वा कामांस्तपस्तेपे सरसस्तस्य पार्श्वतः ॥११॥ तस्य संकल्प आसीच्च तेषामेकतरस्य वै ॥ पुत्रत्वं प्राप्य योगेन युज्ये-
यमिति भारत ॥ १२ ॥ कृत्वाऽभिसन्धिं तपसा महता स समन्वितः ॥ महातपाः स विभ्राजो विरराजांशुमानिव ॥ १३ ॥ ततो विभ्राजितं
तेन वैभ्राजं नाम तद्वनम् ॥ सरस्तच्च कुरुश्रेष्ठ वैभ्राजमिति संज्ञितम् ॥ १४ ॥ यत्र ते शकुना राजंश्चत्वारो योगधर्मिणः ॥ योगभ्रष्टास्त्रयश्चैव देहन्या-
सकृतोऽभवन् ॥ १५ ॥ काम्पिल्ये नगरे ते तु ब्रह्मदत्तपुरोगमाः ॥ जाताः सप्त महात्मानः सर्वे विगतकल्मषाः ॥ १६ ॥ ज्ञानध्यानतपःपूर्जा वेद-
वेदाङ्गपारगाः ॥ स्मृतिमन्तोऽत्र चत्वारस्त्रयस्तु परिमोहिताः ॥ १७ ॥ स्वतन्त्रस्त्वणुहाज्जज्ञे ब्रह्मदत्तो महायशाः ॥ यथा ह्यासीत्पक्षिभवे संकल्पः
पूर्वचिन्तितः ॥ १८ ॥ छिद्रदर्शी सुनेत्रश्च तथा बाभ्रव्यवत्सयोः ॥ जातौ श्रोत्रियदायादौ वेदवेदाङ्गपारगौ ॥ १९ ॥ सहायौ ब्रह्मदत्तस्य पूर्वजाती
सहोषितौ ॥ पाञ्चालः पाञ्चिकश्चैव कण्डरीकस्तथापरः ॥ २० ॥ पाञ्चालो बह्वृचस्त्वासीदाचार्यत्वं चकार ह ॥ द्विवेदः कण्डरीकस्तु छन्दोगोऽध्वर्युरेव
च ॥ २१ ॥ सर्वसत्त्वरुतज्ञस्तु राजाऽऽसीदणुहात्मजः ॥ पाञ्चालकण्डरीकाभ्यां तस्य सख्यमभूत्तदा ॥ २२ ॥ ते ग्राम्यधर्माभिरताः कामस्य
वशवर्तिनः ॥ पूर्वजातिकृतेनासन्धर्मकामार्थकोविदाः ॥ २३ ॥ अणुहस्तु नृपश्रेष्ठो ब्रह्मदत्तमकल्मषम् ॥ राजेऽभिषिच्य योगात्मा परां गतिमवा-

पुत्र तथा राजमंत्री थे। अब छिद्रदर्शी तथा सुनेत्र ये दोनों उपर्युक्त राजमंत्रियोंके पुत्ररूपमें जनमे। शीघ्र ही उन्हें वेद-वेदाङ्गोंका ज्ञान प्राप्त हो गया। जन्म-जन्मान्तरसे साथ रहनेके कारण वे दोनों ब्रह्मदत्तके घनिष्ठ मित्र हुए। भरद्वाजके सात पुत्रोंमेंसे पाँचवाँ अर्थात् जो कवि नामसे विख्यात था, उसका नाम पांचाल पड़ा और अन्य अर्थात् खसृमर कण्डरीक कहलाया ॥ १९ ॥ २० ॥ उन दोनोंमें पांचाल ऋग्वेदी तथा कण्डरीक यजुर्वेदी था। तदनुसार पांचाल आचार्य बना और कण्डरीक अध्वर्यु ॥ २१ ॥ सब प्राणियोंकी बोलीका अर्थ समझनेवाला अणुहतनय ब्रह्मदत्त राजा हुआ। पांचाल और कण्डरीकके साथ उसकी मित्रता हो गयी ॥२२॥ वे तीनों ही सांसारिक धर्ममें अनुरक्त तथा कामदेवके वशवर्ती थे, किन्तु जन्मान्तरमें किये हुए श्राद्धके फलसे वे धर्म-अर्थ-कामरूपी त्रिवर्गका फल प्राप्त करनेमें समर्थ हुए ॥ २३ ॥ इसी समय महाराज अणुहने अपने निर्दोष पुत्र ब्रह्मदत्तको राजसिंहासनपर अभिषिक्त करके परम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गतिको प्राप्त कर लिया ॥ २४ ॥ असित देवलकी पुत्री योगधर्मिणी एवं तेजस्विनी सन्नति ब्रह्मदत्तकी भार्या बनी ॥ २५ ॥ सन्नतिकी आकृति नितान्त क्षुद्र थी और चिरकाल तक वह एक भावसे बनी रही और उसकी आकृतिमें कोई अन्तर नहीं आया ॥ २६ ॥ इसी प्रकार सातों जन्मोंतक पाँचवाँ पुत्र पाञ्चिक, छठाँ कण्डरीक तथा सातवाँ ब्रह्मदत्त होता रहा ॥२७॥ शेष चार हंस उसी काम्पिल्य नगरमें एक अत्यन्त दरिद्र ब्राह्मणके घर श्रोत्रियरूपमें उत्पन्न हुए ॥ २८ ॥ उन चारों सहोदर भाइयोंका नाम था—धृतिमान्, सुमना, विद्वान् और तत्त्वदर्शी। ये सभी वेदाध्ययनसम्पन्न तथा मुक्तिमार्गके अन्वेषक थे ॥२९॥ कुछ दिनों बाद उनमें पूर्वजन्मका ज्ञान जागृत हुआ। तब वे दुनियादारीसे अलग होकर वहाँसे प्रस्थान करनेकी इच्छा करके पिताके पास विदा माँगने गये। पिताने उनसे कहा—पुत्रों ! तुम्हारा तो कर्तव्य है—पिताकी दरिद्रता दूर करना और पितृशुश्रूषा। यह काम पूरा किये बिना यदि तुम जाओगे तो तुम्हें

प्तवान् ॥ २४ ॥ ब्रह्मदत्तस्य भार्या तु देवलस्यात्मजाऽभवत् ॥ असितस्य हि दुर्धर्षा सन्नतिर्नाम नामतः ॥ २५ ॥ तामेकभावसंपन्नां लेभे कन्यामनुत्तमाम् ॥ सन्नतिं सन्नतिमतीं देवलाद्योगधर्मिणीम् ॥ २६ ॥ पञ्चमः पाञ्चिकस्तत्र सप्तजातिषु भारत ॥ षष्ठस्तु कण्डरीकोऽभूद्ब्रह्मदत्तस्तु सप्तमः ॥ २७ ॥ शेषा विहङ्गमा ये वै काम्पिल्ये सहचारिणः ॥ ते जाताः श्रोत्रियकुले सुदरिद्रे सहोदराः ॥ २८ ॥ धृतिमान्सुमना विद्वांस्तत्त्वदर्शी च नामतः ॥ वेदाध्ययनसंपन्नाश्चत्वारश्छिद्रदर्शिनः ॥ २९ ॥ तेषां संवित्तथोत्पन्ना पूर्वजातिकृता तदा ॥ ते योगनिरताः सिद्धाः प्रस्थिताः सर्व एव हि ॥ ३० ॥ आमन्त्र्य पितरं तात पिता तानब्रवीत्तदा ॥ अधर्म एष युष्माकं यन्मां त्यक्त्वा गमिष्यथ ॥ ३१ ॥ दारिद्र्यमनपाकृत्य पुत्रार्थांश्चैव पुष्कलान् ॥ शुश्रूषामप्रयुज्यैव कथं वै गन्तुमर्हथ ॥ ३२ ॥ ते तमूचुर्द्विजाः सर्वे पितरं पुनरेव च ॥ करिष्यामो विधानं ते येन त्वं वर्तयिष्यसि ॥ ३३ ॥ इमं श्लोकं महार्थं त्वं राजानं सहमन्त्रिणम् ॥ श्रावयेथाः समागम्य ब्रह्मदत्तमकल्मषम् ॥ ३४ ॥ प्रीतात्मा दास्यति स ते ग्रामान्भोगांश्च पुष्कलान् ॥ यथेप्सितांश्च सर्वार्थान्गच्छ तात यथेप्सितम् ॥ ३५ ॥ एतावदुक्त्वा ते सर्वे पूजयित्वा च तं गुरुम् ॥ योगधर्ममनुप्राप्य परां निर्वृतिमाययुः ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि त्रयोविंशोऽध्यायः ॥ २३ ॥

पाप लगेगा। ऐसी दशामें तुम कैसे जाओगे ? ॥ ३० ॥ ३१ ॥ तब पुत्रोंने पिताको सम्बोधित करके कहा—पिताजी ! जिससे आपकी जीविका ठीक तरहसे चल सके, मैं वैसा प्रबन्ध कर रहा हूँ। आप धर्मात्मा राजाके पास जाइए और जब वे अपने मंत्रियोंके बीच बैठे हों, तब महान् अर्थसे भरे ये दो श्लोक उन्हें सुनाइएगा—॥३२॥ "सप्त व्याधा दशार्णेषु मृगाः कालंजरे गिरौ ॥ चक्रवाकः शरद्वीपे हंसाः सरसि मानसे ॥ १ ॥ तेऽभिजाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ प्रस्थिता दूरमध्वानं यूयं तेभ्योऽवसीदथ ॥ २ ॥" इन अर्थसम्पन्न श्लोकोंको सुनते ही राजा ब्रह्मदत्त प्रसन्न होकर आपको अनेक ग्राम, बहुतेरी उपयोगी वस्तुयें तथा आपकी इच्छा भर धन प्रदान करेगा ॥ ३३-३५ ॥ उन श्रोत्रिय बालकोंने ऐसा कहकर पिताकी पूजा की और योगधर्मके अनुसार परम सुखकी प्राप्ति की ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोविंशोऽध्यायः ॥ २३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महर्षि मार्कण्डेय बोले—हे भीष्म ! ब्रह्मदत्तसे राजा विभ्राजका जन्म हुआ। विभ्राज विष्वक्सेन नामसे संसारमें प्रसिद्ध हुआ। वह असाधारण योगी और महान् तपस्वी था ॥ १ ॥ एक दिन राजा ब्रह्मदत्त शचीके साथ विचरनेवाले इन्द्रके समान अपनी पत्नीके साथ प्रसन्न मनसे वनमें भ्रमण कर रहे थे। उसी समय उन्हें एक चींटीका शब्द सुनायी पड़ा। वह चींटी राजाकी पत्नीसे प्रार्थना कर रही थी ॥ २ ॥ ३ ॥ ब्रह्मदत्त उस क्षुद्र चींटीकी प्रार्थना सुनते ही अकस्मात् बड़े जोरसे ठठाकर हँसने लगे ॥ ४ ॥ यह अट्टहास सुनकर उनकी स्त्री सन्नति बहुत लज्जित हुई और बहुत दिनों तक अनशन करती रही ॥ ५ ॥ राजा ब्रह्मदत्तके मनानेपर वह बोली—राजन् ! आपने मेरा उपहास किया है। इसलिए अब मैं जीवित नहीं रहना चाहती ॥ ६ ॥ इसके बाद राजाने अपनी हँसीका कारण बताया, किन्तु उसे किसी भी तरह विश्वास नहीं हुआ। बल्कि उसने कुपित होकर कहा—मनुष्योंमें किसीकी भी ऐसी

मार्कण्डेय उवाच ॥ ब्रह्मदत्तस्य तनयः स वैभ्राजस्त्वजायत ॥ योगात्मा तपसा युक्तो विष्वक्सेन इति श्रुतः ॥ १ ॥ कदाचिद्ब्रह्मदत्तस्तु भार्यया सहितो वने ॥ विजहार प्रहृष्टात्मा यथा शच्या शचीपतिः ॥ २ ॥ ततः पिपीलिकरुतं स शुश्राव नराधिपः ॥ कामिनीं कामिनस्तस्य याचतः क्रोशतो भृशम् ॥ ३ ॥ श्रुत्वा तु याच्यमानां तां क्रुद्धां सूक्ष्मां पिपीलिकाम् ॥ ब्रह्मदत्तो महाहासमकस्मादेव चाहसत् ॥ ४ ॥ ततः सा सन्नतिर्दीना व्रीडितेवाभवत्तदा ॥ निराहारा बहुतिथं बभूव वरवर्णिनी ॥ ५ ॥ प्रसाद्यमाना भर्त्रा सा तमुवाच शुचिस्मिता ॥ त्वया च हसिता राजन्नाहं जीवितुमुत्सहे ॥ ६ ॥ स तत्कारणमाचख्यौ न च सा श्रद्दधाति तत् ॥ उवाच चैनं कुपिता नैष भावोऽस्ति मानुषे ॥ ७ ॥ को वै पिपीलिकरुतं मानुषो वेत्तुमर्हति ॥ ऋते देवप्रसादाद्वा पूर्वजातिकृतेन वा ॥ ८ ॥ तपोबलेन वा राजन्विद्यया वा नराधिप ॥ यद्येष वै प्रभावस्ते सर्वसत्त्वरुतज्ञता ॥ ९ ॥ यथाऽहमेतज्जानीयां तथा प्रत्याययस्व माम् ॥ प्राणान्वापि परित्यक्ष्ये राजन्सत्येन ते शपे ॥ १० ॥ तत्तस्या वचनं श्रुत्वा महिष्याः परुषाक्षरम् ॥ स राजा परमापन्नो देवश्रेष्ठमगात्ततः ॥ ११ ॥ शरणं सर्वभूतेशं भक्त्या नारायणं हरिम् ॥ समाहितो निराहारः षड्रात्रेण महायशाः ॥ १२ ॥ ददर्श दर्शने राजा देवं नारायणं प्रभुम् ॥ उवाच चैनं भगवान्सर्वभूतानुकम्पकः ॥ १३ ॥ ब्रह्मदत्त प्रभाते त्वं कल्याणं समवाप्स्यसि ॥ इत्युक्त्वा भगवान्देवस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ १४ ॥ चतुर्णां तु पिता योऽसौ ब्राह्मणानां महात्मनाम् ॥ श्लोकं सोऽधीत्य पुत्रेभ्यः कृतकृत्य

सामर्थ्य नहीं है कि जो चींटीका शब्द सुनकर उसका मतलब समझ सके। देवताओंकी कृपा, पूर्वजन्मार्जित पुण्य, तपोबल अथवा किसी विशेष विद्याको पढ़े बिना ऐसा कदापि नहीं हो सकता। और फिर यदि आपमें सब जीवोंका शब्द सुनकर उसे समझ लेनेकी शक्ति हो तो मुझे विश्वास दिलाइए। नहीं तो मैं आपकी शपथ खाकर कहती हूँ कि अपने प्राण त्याग दूँगी ॥ ७–१० ॥ अपनी पत्नीके इन कठोर वचनोंको सुनकर राजा बहुत दुखी हुए और बड़ी श्रद्धाके साथ सर्वभूतभावन देवदेव श्रीविष्णुभगवान्की शरणमें गये। महायशस्वी राजा ब्रह्मदत्त छ दिनों तक अन्न-जल त्यागकर भगवदाराधन करते रहे ॥ ११ ॥ १२ ॥ तब भगवान्ने उन्हें दर्शन दिया और कहा—॥ १३ ॥ ब्रह्मदत्त ! कल प्रातःकाल तुम्हें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कल्याण लाभ होगा ! ऐसा कहकर नारायण वहाँ ही अन्तर्धान हो गये ॥ १४ ॥ उधर चार ब्राह्मणोंके पिता अपने पुत्रोंके कहे हुए श्लोकोंको हृदयंगम करके निश्चिन्त हो गये ॥ १५ ॥
उन्होंने मन्त्रिवर्गके साथ बैठे हुए राजा ब्रह्मदत्तसे भेंट करके श्लोक सुनानेके लिए देरतक उपयुक्त समयकी प्रतीक्षा की, किन्तु उन्हें अवसर ही नहीं मिला ॥ १६ ॥ इधर नारायणसे
वर प्राप्त करके राजा ब्रह्मदत्तने सरोवरमें स्नान किया और अपने सनहले रथपर सवार होकर राजधानीको लौट आये ॥ १७ ॥ मार्गमें चलते समय घोड़ोंकी रास कण्डरीकने सम्हाली
और चमर तथा व्यजन बाभ्रव्यने हाथमें ले लिया ॥ १८ ॥ ब्राह्मणने देखा कि यही अच्छा अवसर है। बस, उसने उन दोनों मन्त्रियोंके समक्ष पुत्रोंके बतलाये दोनों श्लोक राजाको
सुना दिये—॥१९॥ हे महाराज ! दशार्णदेशमें सात व्याधे, कालंजर पर्वतपर सात मृग, शरद्वीपमें सात चक्रवाक और उन्हीं सातोंमेंसे मानसरोवरमें सात होकर जन्म लिया था। उनमेंसे
हम चार कुरुक्षेत्रमें वेद-वेदाङ्गपारदर्शी एक कुलीन ब्राह्मणके घर जन्म पाकर बहुत दूरतक चलकर तुम्हें खोजा, किन्तु तुम तीनोंको मैंने अपनी अपेक्षा बहुत दुखी देखा ॥ २० ॥ २१ ॥

इवाभवत ॥ १५ ॥ स राजानमथान्विच्छन्सहमन्त्रिणमव्ययम् ॥ न ददर्शान्तरं किञ्चित् श्लोकं श्रावयितुं तदा ॥ १६ ॥ अथ राजा सरःस्नातो
लब्ध्वा नारायणाद्वरम् ॥ प्रविवेश पुरीं प्रीतो रथमारुह्य काञ्चनम् ॥ १७ ॥ तस्य रश्मीन्प्रत्यगृह्णात्कण्डरीको द्विजर्षभः ॥ चामरं व्यजनं चापि
बाभ्रव्यः समवाक्षिपत् ॥ १८ ॥ इदमन्तरमित्येव ततः स ब्राह्मणस्तदा ॥ श्रावयामास राजानं श्लोकं तं सचिवौ च तौ ॥ १९ ॥ सप्त व्याधा
दशार्णेषु मृगाः कालञ्जरे गिरौ ॥ चक्रवाकाः शरद्वीपे हंसाः सरसि मानसे ॥ २० ॥ तेऽभिजाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ प्रस्थिता दीर्घ-
मध्वानं यूयं किमवसीदथ ॥२१॥ तच्छ्रुत्वा मोहमगमद् ब्रह्मदत्तो नराधिपः ॥ सचिवश्चास्य पाञ्चाल्यः पुण्डरीकश्च भारत ॥ २२ ॥ स्रस्तरश्मिप्रतोदौ तौ
पतितव्यजनावुभौ ॥ दृष्ट्वा बभूवुरस्वस्थाः पौराश्च सुहृदस्तथा ॥ २३ ॥ मुहूर्तमेव राजा स सह ताभ्यां रथे स्थितः ॥ प्रतिलभ्य ततः संज्ञां
प्रत्यागच्छदरिन्दमः ॥ २४ ॥ ततस्ते तत्सरः स्मृत्वा योगं तमुपलभ्य च ॥ ब्राह्मणं विपुलैरर्थैर्भोगैश्च समयोजयन् ॥ २५ ॥ अभिषिच्य स्वराज्ये
तु विष्वक्सेनमरिन्दमम् ॥ जगाम ब्रह्मदत्तोऽथ सदारो वनमेव ह ॥ २६ ॥ अथैनं सन्नतिर्धीरा देवलस्य सुता तदा ॥ उवाच परमप्रीता योगाद्ध-
नगतं नृपम् ॥ २७ ॥ जानन्त्या ते महाराज पिपीलिकरुतज्ञताम् ॥ चोदितः क्रोधमुद्दिश्य सक्तः कामेषु वै मया ॥ २८ ॥ इतो वयं गमिष्यामो

इन दोनों श्लोकोंको सुनकर राजा ब्रह्मदत्त एवं उनके मन्त्री पांचाल और कण्डरीक मूर्छित हो गये। उनके हाथसे घोड़ोंकी रास, चाबुक, चमर तथा व्यजन अलग जा गिरा। उनकी
यह दशा देखकर पुरवासियों और मित्रोंको बहुत दुःख हुआ ॥ २२ ॥ २३ ॥ इस प्रकार राजा और उनके दोनों मन्त्री मूर्छित होकर रथपर ही पड़े रहे। क्षणभर बाद चेतना आयी, तब
वे अपने नगरमें आये ॥ २४ ॥ उन श्लोकोंको सुनकर उन्हें मानसरोवर तथा पूर्वजन्मकी यौगिक कथायें स्मरण हो आयीं, जिससे प्रसन्न होकर उन्होंने उस ब्राह्मणको उत्तम भोजन
और पुष्कल धन दिया ॥ २५ ॥ इसके बाद राजा ब्रह्मदत्तने अपने पुत्र विष्वक्सेनको राज्यपदपर अभिषिक्त कर दिया और पत्नीके साथ वनको चले गये ॥ २६ ॥ वनमें पहुँचकर
देवलसुता सन्नतिने बहुत प्रसन्न होकर ब्रह्मदत्तसे कहा—महाराज ! आप विषयसुखमें मग्न थे। मैंने चींटीके शब्दका मतलब समझनेकी आपकी शक्ति जाननेके लिए ही क्रोधका प्रदर्शन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके अच्छा ही किया। क्योंकि आपका योगज्ञान विस्मृत हो गया था। उसका मैंने स्मरण करा दिया। अब हमको उत्तम गति प्राप्त होगी ॥२७–२९॥ राजा ब्रह्मदत्त अपनी पत्नीकी बात सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और योगबल प्राप्त करके दुर्लभ गति पायी ॥३०॥ पवित्र कलेवर और योगसिद्ध धर्मात्मा कण्डरीक भी उत्तम सांख्ययोग प्राप्त करके योगगति पायी ॥३१॥ महान् तपस्वी पांचालपुत्रने वेदप्रसिद्ध क्रम प्रवर्तित करके उसके उच्चारणकी शिक्षा देकर योगाचार्यकी गति और कीर्ति प्राप्त की ॥३२॥ इस प्राचीन इतिहासको मैंने प्रत्यक्ष देख लिया है। अतएव हे गांगेय! तुम भी इस श्राद्धफलको हृदयङ्गम कर लो। इससे तुम्हारा कल्याण होगा ॥३३॥ जो अन्य लोग भी इन वाग्दुष्ट आदि सातों भ्राताओंकी उत्तम गाथाको हृदयंगम करेंगे, उन्हें कभी तिर्यग्योनिमें जन्म नहीं लेना पड़ेगा ॥ ३४ ॥ महान् अर्थयुक्त इस उपाख्यानको सुननेसे हृदयमें योगधर्मकी स्फुरणा होने लगती है ॥ ३५ ॥ ऐसी स्फुरणा

गतिमिष्टामनुत्तमाम् ॥ तव चान्तर्हितो योगस्ततः संस्मारितो मया ॥ २९ ॥ स राजा परमप्रीतः पत्न्याः श्रुत्वा वचस्तदा ॥ प्राप्य योगं बलादेव गतिं प्राप सुदुर्लभाम् ॥ ३० ॥ कण्डरीकोऽपि धर्मात्मा सांख्ययोगमनुत्तमम् ॥ प्राप्य योगगतिः सिद्धो विशुद्धस्तेन कर्मणा ॥ ३१ ॥ क्रमं प्रणीय पांचाल्यः शिक्षां चोत्पाद्य केवलाम् ॥ योगाचार्यगतिं प्राप यशश्चाग्र्यं महातपाः ॥ ३२ ॥ एवमेतत्पुरावृत्तं मम प्रत्यक्षमच्युत ॥ तद्धारयस्व गाङ्गेय श्रेयसा योक्ष्यसे ततः ॥ ३३ ॥ ये चान्ये धारयिष्यन्ति तेषां चरितमुत्तमम् ॥ तिर्यग्योनिषु ते जातु न गमिष्यन्ति कर्हिचित् ॥ ३४ ॥ श्रुत्वा चेदमुपाख्यानं महार्थं महतां गतिम् ॥ योगधर्मो हृदि सदा परिवर्तति भारत ॥ ३५ ॥ स तेनैवानुबन्धेन कदाचिल्लभते शमम् ॥ ततो योगगतिं यांति शुद्धां तां भुवि दुर्लभाम् ॥ ३६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमेतत्पुरा गीतं मार्कण्डेयेन धीमता ॥ श्राद्धस्य फलमुद्दिश्य सोमस्याप्यायनाय वै ॥ ३७ ॥ सोमो हि भगवान्देवो लोकस्याप्यायनं परम् ॥ वृष्णिवंशप्रसङ्गेन तस्य वंशं निबोध मे ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पितृकल्पसमाप्तिर्नाम चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पिता सोमस्य वै राजञ्ज्ञेऽत्रिर्भगवानृषिः ॥ ब्रूह्मणो मानसात्पूर्वं प्रजासर्गं विधित्सया ॥ १ ॥ तत्रात्रिः सर्वभूतानां

होनेपर प्राणी कभी भी निश्चिन्त नहीं बैठ सकता। जिसके परिणामस्वरूप वह भूलोकदुर्लभ एवं सिद्धगण द्वारा प्राप्य योगगति प्राप्त कर लेता है ॥ ३६ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज जनमेजय! पूर्वकालमें परम बुद्धिमान् मार्कण्डेय महामुनिने श्राद्धफल बताने तथा सोमदेवको प्रसन्न करनेके लिए यह उपाख्यान सुनाया था ॥ ३७ ॥ क्योंकि सोमदेवको प्रसन्न करनेसे सोमदेव भी सबको प्रसन्न करते हैं। अब मैं वृष्णिवंश-वणनके प्रसङ्गमें सोमवंशका वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए—॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

 (सोमदेवकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे राजन्! पूर्वकालमें जब ब्रह्माजी संसारकी सृष्टि करनेको प्रवृत्त हुए तो सोमदेवके पिता महर्षि अत्रि ब्रह्माजीके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मनसे उत्पन्न हुए ॥ १ ॥ इसके बाद अत्रि अपने पुत्रोंको साथ लेकर मन-वचन-कर्मसे सब प्राणियोंके कल्याणकी बात सोचने लगे ॥ २ ॥ मैंने सुना है कि हिंसानिवृत्त और व्रतपरायण महातेजस्वी अत्रिने काष्ठके खम्भे अथवा पत्थरकी तरह निश्चल खड़े रहते हुए भुजायें ऊपर उठाये मौन रहकर तीन हजार दिव्य वर्षों तक अतिशय कठोर तप किया ॥ ३ ॥ ४ ॥ लोकोत्तर क्षमताशील एवं ऊर्ध्वरेता महर्षि अत्रि निर्निमेष दृष्टि किये इतने समय तक खड़े थे। इस कारण उनके शरीरसे जो तेज निकला। वह उनके सारे शरीरको तेजोमय बनाता हुआ ऊपर उठने लगा। तपस्याके समय उनके नेत्रोंसे जो जल निकला, उससे दशों दिशायें देदीप्यमान हो उठीं ॥ ५ ॥ ६ ॥ उस तेजको दसों दिशाओंकी देवियोंने गर्भके रूपमें धारण कर लिया, किन्तु वे उसे सहनेमें समर्थ नहीं हुईं ॥ ७ ॥ तदनन्तर वह तेजोमय तथा सर्वलोकप्रीतिकारी शीतांशु गर्भ उन दिग्देवियोंके साथ सहसा भूमिपर आ गिरा, जिससे सारा संसार

तस्थौ स्वतनयैर्युतः ॥ कर्मणा मनसा वाचा शुभान्येव चचार सः ॥ २ ॥ अहिंसः सर्वभूतेषु धर्मात्मा संशितव्रतः ॥ काष्ठकुड्यशिलाभूत ऊर्ध्वबाहुर्महाद्युतिः ॥ ३ ॥ अनुत्तरं नाम तपो येन तप्तं महत्पुरा ॥ त्रीणि वर्षसहस्राणि दिव्यानीति हि नः श्रुतम् ॥ ४ ॥ तत्रोर्ध्वरेतसस्तस्य स्थितस्यानिमिषस्य ह ॥ सोमत्वं तनुरापेदे महासत्त्वस्य भारत ॥ ५ ॥ ऊर्ध्वमाचक्रमे तस्य सोमत्वं भावितात्मनः ॥ नेत्राभ्यां वारि सुस्राव दशधा द्योतयदिशः ॥ ६ ॥ तं गर्भं विधिना हृष्टा दश देव्यो दधुस्तदा ॥ समेत्य धारयामासुर्न च ताः समशक्नुवन् ॥ ७ ॥ स ताभ्यः सहसैवाथ दिग्भ्यो गर्भः प्रभान्वितः ॥ पपात भासयँल्लोकाञ्छीतांशुः सर्वभावनः ॥ ८ ॥ यदा न धारणे शक्तास्तस्य गर्भस्य ता दिशः ॥ ततस्ताभिः सहैवाशु निपपात वसुन्धराम् ॥ ९ ॥ पतितं सोममालोक्य ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ रथमारोपयामास लोकानां हितकाम्यया ॥ १० ॥ स हि वेदमयस्तात धर्मात्मा सत्यसंग्रहः ॥ युक्तो वाजिसहस्रेण सितेनेति हि नः श्रुतम् ॥ ११ ॥ तस्मिन्निपतिते देवाः पुत्रेऽत्रेः परमात्मनि ॥ तुष्टुवुर्ब्रह्मणः पुत्रा मानसाः सप्त ये श्रुताः ॥ १२ ॥ तथैवाङ्गिरसस्तत्र भृगुरेवात्मजैः सह ॥ ऋग्भिर्यजुर्भिर्बहुलैरथर्वाङ्गिरसैरपि ॥ १३ ॥ तस्य संस्तूयमानस्य तेजः सोमस्य भास्वतः ॥ आप्यायमानं लोकांस्त्रीन्भासयामास सर्वशः ॥ १४ ॥ स तेन रथमुख्येन सागरान्तां वसुन्धराम् ॥ त्रिःसप्तकृत्वोऽतियशाश्चकाराभिप्रदक्षिणम् ॥ १५ ॥ तस्य यच्च्यावितं तेजः पृथिवीमन्वपद्यत ॥ ओषध्यस्ताः समुद्भूतास्तेजसा प्रज्वलन्त्युत ॥ १६ ॥ ताभिर्धार्यास्त्रयो लोकाः

आलोकित हो उठा ॥ ८ । ९ ॥ इस प्रकार सोमदेवको भूमिपर गिरते देखकर लोकपितामह ब्रह्माने लोककल्याणार्थ उन्हें उठाकर अपने रथपर बिठा लिया ॥ १० ॥ मैंने सुना है कि ब्रह्माजीका वह रथ वेदनिर्मित था। उस धर्मात्मक तथा ब्रह्माधिष्ठित रथमें एक हजार सफेद घोड़े जुते हुए थे ॥ ११ ॥ नारायणस्वरूप महर्षि अत्रिके पुत्र सोमदेवके गिरनेपर ब्रह्माजीके सातों मानस पुत्र, अंगिराके सभी पुत्र, महर्षि भृगु तथा उनके पुत्र सब एक साथ मिलकर ऋक्, यजुः, साम तथा अथर्ववेदके मंत्रोंका उच्चारण करते हुए स्तुति करने लगे ॥ १२ ॥ १३ ॥ दीप्तिशाली चन्द्रदेवकी बढ़ती हुई प्रभासे सारी त्रिलोकी उद्भासित हो उठी ॥ १४ ॥ लोकपितामह ब्रह्माने सोमदेवको अपने उत्कृष्ट रथपर बैठाकर इक्कीस बार ससागरा पृथिवीकी परिक्रमा की ॥ १५ ॥ परिक्रमाके समय रथके वेगसे चन्दमाका जो तेज क्षरित होकर पृथिवीपर गिरा, उससे बहुतेरी ज्योतिर्मयी औषधियाँ उत्पन्न हो गयीं ॥ १६ ॥ उन औषधियोंके प्रभावसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सारी त्रिलोकी एवं जरायुज-अण्डजादि चारों प्रकारके प्राणियोंका पोषण होता है। क्योंकि ये सोमदेव समस्त विश्वके पुष्टिदाता हैं ॥ १७ ॥ इस प्रकार तेज प्राप्त करके और विविध स्तुतियोंसे स्तूयमान होकर चन्द्रदेवने एक हजार पद्म वर्षोंतक तप किया ॥१८॥ स्वर्णवर्णकी जो देवियाँ संसारका पालन करती हैं, अपने कर्मोंसे विख्यात चन्द्रमा उनके लिए निधिस्वरूप हो गये ॥ १९ ॥ तदनन्तर ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठ ब्रह्माजीने चन्द्रमाको बीज, औषधि, ब्राह्मण तथा जलका राजा बनाकर उनका अभिषेक किया ॥ २० ॥ इस प्रकार राज्यपदपर अभिषिक्त होकर चन्द्रदेवने अपनी प्रभा द्वारा तीनों लोकोंको प्रभान्वित कर दिया ॥२१॥ प्रचेतातनय दक्षप्रजापतिने उन्हें सत्ताईस व्रतपरायण कन्यायें प्रदान कीं। वे कन्यायें सत्ताईसों नक्षत्रोंके नामसे विख्यात हैं ॥ २२ ॥ सोमदेवने इतना विशाल राज्य प्राप्त करनेके बाद एक लाख गौदानवाला राजसूय यज्ञ प्रारम्भ कर दिया ॥ २३ ॥ उस यज्ञमें भगवान अत्रि होता,

प्रजाश्चैव चतुर्विधाः ॥ पोष्टा हि भगवान्सोमो जगतो जगतीपते ॥ १७ ॥ स लब्धतेजा भगवान्संस्तवैस्तैश्च कर्मभिः ॥ तपस्तेपे महाभाग पद्मानां दशतीर्दश ॥ १८ ॥ हिरण्यवर्णा या देव्यो धारयन्त्यात्मना जगत् ॥ निधिस्तासामभूद्देवः प्रख्यातः स्वेन कर्मणा ॥ १९ ॥ ततस्तस्मै ददौ राज्यं ब्रह्मा ब्रह्मविदां वरः ॥ बीजौषधीनां विप्राणामपां च जनमेजय ॥२०॥ सोऽभिषिक्तो महाराज राजराज्येन राजराट् ॥ लोकाँस्त्रीन्भासयामास स्वभासा भास्वतां वरः ॥ २१ ॥ सप्तविंशतिमिन्दोस्तु दाक्षायण्यो महाव्रताः ॥ ददौ प्राचेतसो दक्षो नक्षत्राणीति या विदुः ॥ २२ ॥ स तत्प्राप्य महद्राज्यं सोमः सोमवतां वरः ॥ समाजह्रे राजसूयं सहस्रशतदक्षिणम् ॥ २३ ॥ होताऽस्य भगवानत्रिरध्वर्युर्भगवान्भृगुः ॥ हिरण्यगर्भश्चोद्गाता ब्रह्मा ब्रह्मत्वमेयिवान् ॥ २४ ॥ सदस्यस्तत्र भगवान्हरिर्नारायणः स्वयम् ॥ सनत्कुमारप्रमुखैराद्यैर्ब्रह्मर्षिभिर्वृतः ॥ २५ ॥ दक्षिणामददात्सोमस्त्रींल्लोकानिति नः श्रुतम् ॥ तेभ्यो ब्रह्मर्षिमुख्येभ्यः सदस्येभ्यश्च भारत ॥२६॥ तं सिनिश्च कुहूश्चैव द्युतिः पुष्टिः प्रभा वसुः ॥ कीर्तिर्धृतिश्च लक्ष्मीश्च नव देव्यः सिषेविरे ॥ २७ ॥ प्राप्यावभृथमव्यग्रः सर्वदेवर्षिपूजितः ॥ विरराजाधिराजेन्द्रो दशधा भासयन्दिशः ॥ २८ ॥ तस्य तत्प्राप्य दुष्प्राप्यमैश्वर्यं मुनिसत्कृतम् ॥ विबभ्राम मतिस्तात विनयादनयाहता ॥ २९ ॥ बृहस्पतेः स वै भार्यां तारां नाम यशस्विनीम् ॥ जहार तरसा सर्वानवमत्याङ्गिरःसुतान् ॥ ३० ॥ स याच्यमानो देवैश्च तथा देवर्षिभिः सह ॥ नैव व्यसर्जयत्तारां तस्मा आङ्गिरसे तदा ॥ स संरब्धस्ततस्तस्मि-

भगवान भृगु अध्वर्यु, वसिष्ठ सामवेदगायक, ब्रह्मा स्वयं ब्रह्मा और साक्षात् विष्णुभगवान सनत्कुमार आदि ब्रह्मर्षियोंको साथ लेकर उस यज्ञके सदस्य बने ॥ २४ ॥ २५ ॥ मैंने ऐसा सुना है कि भगवान सोमदेवने उस यज्ञके सदस्यों तथा अन्यान्य ब्रह्मर्षियोंको सारी त्रिलोकी दान करके दे दी थी ॥ २६ ॥ सिनी, कुहू, द्युति, तुष्टि, प्रभा, वसु, कीर्ति, धृति और लक्ष्मी ये नौ देवियाँ नित्य उनकी सेवा करती थीं ॥ २७ ॥ साम्राज्यपदपर अभिषिक्त और ब्रह्मर्षिसत्कृत सोमदेवके अवभृथ (यज्ञान्त) स्नान करनेपर उनके तेजसे दसों दिशायें आलोकित हो उठीं ॥ २८ ॥ हे महाराज जनमेजय ! भगवान चन्द्रदेव मुनियों द्वारा इस प्रकार आशातीत सम्मान प्राप्त करके ऐश्वर्यमदसे मत्त हो उठे और उनकी बुद्धि नीतिमार्गसे विचलित हो गयी ॥ २९ ॥ उन्होंने अंगिराके पुत्रोंकी बात न मानकर देवगुरु बृहस्पतिकी यशस्विनी पत्नी ताराको वरबस हर लिया ॥ ३० ॥ तब सभी देवताओं और ब्रह्मर्षियोंने प्रार्थना की,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किन्तु चन्द्रमाने किसी तरह ताराको नहीं लौटाया। इससे देवाचार्य बृहस्पति उनपर बहुत कुपित हो गये ॥ ३१ ॥ उधर शुक्राचार्य चन्द्रमाके पृष्ठपोषक एवं बृहस्पतिके पिता अङ्गिराके शिष्य थे। अतएव अब वे अपने गुरुपुत्र बृहस्पतिके पक्षपाती हो गये ॥ ३२ ॥ रुद्रदेव भी अङ्गिराके ही शिष्य थे। इस कारण वे भी अपना आजगव धनुष सम्हालकर बृहस्पतिके पृष्ठ-पोषक बन गये ॥ ३३ ॥ देवासुरसंग्रामके समय जिस धनुष द्वारा ब्रह्मशिर नामका महान् अस्त्र निक्षेप करके रुद्रदेवने दैत्योंकी यशोराशि लुप्त कर दी थी ॥ ३४ ॥ परम भयानक उसी आजगव धनुषको लेकर उन्होंने ताराके लिए युद्ध आरम्भ कर दिया। उस संग्राममें बहुतेरे देवताओं और दैत्योंका नाश होने लगा ॥ ३५ ॥ युद्धमें मरनेसे बचे हुए देवता और चन्द्रमाके पक्षपाती देवता आदिदेव सनातन ब्रह्माकी शरणमें जा पहुँचे ॥ ३६ ॥ तब ब्रह्माजीने शुक्राचार्य और शङ्कर भगवानको युद्धसे विरत करके तारा बृहस्पतिको लौटा दी ॥ ३७ ॥

न्देवाचार्यो बृहस्पतिः ॥ ३१ ॥ उशनास्तस्य जग्राह पार्ष्णिमाङ्गिरसस्तदा ॥ स हि शिष्यो महातेजाः पितुः पूर्वो बृहस्पतेः ॥ ३२ ॥ तेन स्नेहेन भगवान्रुद्रस्तस्य बृहस्पतेः ॥ पार्ष्णिग्राहोऽभवद्देवः प्रगृह्याजगवं धनुः ॥ ३३ ॥ तेन ब्रह्मशिरो नाम परमास्त्रं महात्मना ॥ उद्दिश्य दैत्यानुत्सृष्टं येनैषां नाशितं यशः ॥ ३४ ॥ तत्र तद्युद्धमभवत्प्रख्यातं तारकामयम् ॥ देवानां दानवानां च लोकक्षयकरं महत् ॥ ३५ ॥ तत्र शिष्टास्तु ये देवास्तुषिताश्चैव भारत ॥ ब्रह्माणं शरणं जग्मुरादिदेवं सनातनम् ॥ ३६ ॥ ततो निवार्योशनसं रुद्रं ज्येष्ठं च शंकरम् ॥ ददावाङ्गिरसे तारां स्वयमेव पितामहः ॥ ३७ ॥ तामन्तःप्रसवां दृष्ट्वा तारां प्राह बृहस्पतिः ॥ मदीयायां न ते योनौ गर्भो धार्यः कथंचन ॥ ३८ ॥ अयोनावुत्सृजत्तं सा कुमारं दस्युहन्तमम् ॥ इषीकास्तम्बमासाद्य ज्वलन्तमिव पावकम् ॥ ३९ ॥ जातमात्रः स भगवान्देवानामक्षिपद्वपुः ॥ ततः संशयमापन्ना इमाम-कथयन्सुराः ॥ ४० ॥ सत्यं ब्रूहि सुतः कस्य सोमस्याथ बृहस्पतेः ॥ पृच्छ्यमाना यदा देवैर्नाह सा साध्वसाधु वा ॥ ४१ ॥ तदा तां शप्तुमारब्धः कुमारो दस्युहन्तमः ॥ तं निवार्य ततो ब्रह्मा तारां प्रपच्छ संशयम् ॥ ४२ ॥ तदत्र तथ्यं तद्ब्रूहि तारे कस्य सुतस्त्वयम् ॥ सा प्राञ्जलिरुवाचेदं ब्रह्माणं वरदं प्रभुम् ॥ ४३ ॥ सोमस्येति महात्मानं कुमारं दस्युहन्तमम् ॥ ततस्तं मूर्ध्न्युपाघ्राय सोमो धाता प्रजापतिः ॥ ४४ ॥ बुध इत्यकरो-न्नाम तस्य पुत्रस्य धीमतः ॥ प्रतिकूलं च गगने समभ्युत्तिष्ठते बुधः ॥ ४५ ॥ उत्पादयामास ततः पुत्रं वै राजपुत्रिका ॥ तस्यापत्यं महाराजो

ताराको गर्भवती देखकर बृहस्पतिने कहा—मेरे क्षेत्रमें तुम किसी अन्य पुरुषका गर्भ नहीं धारण कर सकतीं ॥ ३८ ॥ यह बात सुनकर ताराने उस अग्निसदृश तेजस्वी तथा दस्युहन्ता पुत्रको खसके वनमें त्याग दिया ॥ ३९ ॥ उसके शरीरकी दीप्तिसे देवताओंका तेज फीका पड़ गया। तब संशयाकुल देवताओंने तारासे कहा—देवि! सच-सच बताओ कि यह किसका पुत्र है। चन्द्रमाका या बृहस्पतिका? इस प्रकार देवताओंके पूछनेपर भयवश ताराने कुछ भी उत्तर नहीं दिया ॥ ४० ॥ ४१ ॥ तब वह दस्युहन्ता पुत्र ही ताराको शाप देनेके लिए उद्यत हो गया। तब ब्रह्माने उसे ऐसा करनेसे रोककर तारासे कहा—॥ ४२ ॥ तारे! सच-सच बता दो कि यह किसका पुत्र है? ताराने हाथ जोड़कर धीरेसे कहा—यह दस्युहन्ता पुत्र चन्द्रमाका है। ताराके ऐसा कहते ही प्रजापति सोमदेवने उस बालकका माथा सूँघा और उस बुद्धिमान् पुत्रका बुध नाम रखा। ये बुधदेव सदा सूर्यकी प्रतिकूल दिशामें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उदित होते हैं ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ बुधदेवने वैराज मनुकी कन्या इलाके गर्भसे एक पुत्र उत्पन्न किया। उसका नाम था—पुरूरवा ॥ ४६ ॥ पुरूरवाने उर्वशी अप्सराके गर्भसे सात पुत्र उत्पन्न किये। इसी समय चन्द्रमापर राजयक्ष्मा (क्षयरोग) ने आक्रमण कर दिया ॥ ४७ ॥ इससे चन्द्रदेवका मण्डल क्षीण होने लगा। तब वे अपने पिता महर्षि अत्रिकी शरणमें गये ॥ ४८ ॥ भगवान अत्रिने उनका वह दुख दूर कर दिया। इस प्रकार राजयक्ष्मासे मुक्त होनेपर चन्द्रदेवकी शोभा फिर सब ओर जगमगाने लगी ॥ ४९ ॥ हे जनमेजय! इस तरह मैंने सोमदेवका यशोवर्द्धक वृत्तान्त कहा। अब इस वंशका इतिहास बता रहा हूँ ॥ ५० ॥ इस कथानकको सुननेसे धन, आरोग्य, पुण्य तथा आयुकी वृद्धि होती और मनःकामना पूर्ण हो जाती है ॥ ५१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षोडशोऽध्यायः ॥ २५ ॥

बभूवैलः पुरूरवाः ॥ ४६ ॥ उर्वश्यां जज्ञिरे तस्य पुत्राः सप्त महात्मना ॥ प्रसह्य धर्षितस्तत्र सोमो वै राजयक्ष्मणा ॥ ४७ ॥ ततो यक्ष्माभिभूतस्तु सोमः प्रक्षीणमण्डलः ॥ जगाम शरणार्थाय पितरं सोऽत्रिमेव तु ॥ ४८ ॥ तस्य तत्तापशमनं चकारात्रिर्महातपाः ॥ स राजयक्ष्मणा मुक्तः श्रिया जज्वाल सर्वतः ॥ ४९ ॥ एवं सोमस्य वै जन्म कीर्तितं कीर्तिवर्द्धनम् ॥ वंशमस्य महाराज कीर्त्यमानं च मे शृणु ॥ ५० ॥ धन्यमारोग्यमायुष्यं पुण्यं संकल्पसाधनम् ॥ सोमस्य जन्म श्रुत्वैव पापेभ्यो विप्रमुच्यते ॥५१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पञ्चविंशोऽध्यायः ॥२५॥

वैशम्पायन उवाच ॥ बुधस्य तु महाराज विद्वान्पुत्रः पुरूरवा ॥ तेजस्वी दानशीलश्च यज्वा विपुलदक्षिणः ॥ १ ॥ ब्रह्मवादी पराक्रान्तः शत्रुभिर्युधि दुर्जयः ॥ आहर्ता चाग्निहोत्रस्य यज्ञानां च महीपतिः ॥ २ ॥ सत्यवादी पुण्यमतिः काम्यः संवृतमैथुनः ॥ अतीव त्रिषु लोकेषु यशसाऽप्रतिमः सदा ॥ ३ ॥ तं ब्रह्मवादिनं क्षान्तं धर्मज्ञं सत्यवादिनम् ॥ उर्वशी वरयामास हित्वा मानं यशस्विनी ॥ ४ ॥ तया सहावसद्राजा वर्षाणि दश पञ्च च ॥ पञ्च षट् सप्त चाष्टौ च दश चाष्टौ च भारत ॥ ५ ॥ वने चैत्ररथे रम्ये तथा मन्दाकिनीतटे ॥ अलकायां विशालायां नन्दने च वनोत्तमे ॥ ६ ॥ उत्तरान्स कुरून्प्राप्य मनोरथफलद्रुमान् ॥ गन्धमादनपादेषु मेरुपृष्ठे तथोत्तरे ॥ ७ ॥ एतेषु वनमुख्येषु सुरैराचरितेषु च ॥ उर्वश्या सहितो राजा रेमे परमया मुदा ॥ ८ ॥ देशे पुण्यतमे चैव महर्षिभिरभिष्टुते ॥ राज्यं स कारयामास प्रयागे पृथिवीपतिः ॥ ९ ॥

(इलातनयकी उत्पत्तिका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे राजन्! बुधके विद्वान् पुत्र पुरूरवा असाधारण तेजस्वी, दानी, याज्ञिक, दक्षिणाशील, ब्रह्मवादी, पराक्रमी, शत्रुओंसे अजेय, अग्निहोत्र, व्रत एवं यज्ञकर्ता, रूपवान्, बुद्धिमान्, सत्यवादी और जितेन्द्रिय थे। इसी कारण उन दिनों सारी त्रिलोकीमें उनके समान यशस्वी राजा और कोई नहीं था ॥१–३॥ यशस्विनी उर्वशी अप्सराने अभिमान त्यागकर उन ब्रह्मवादी, क्षमावान् तथा सत्यवादी नरेशको अपना पति बनाया था ॥ ४ ॥ वे दोनों परम रमणीक चैत्ररथ उपवनमें दस वर्ष, मन्दाकिनी तटपर पाँच वर्ष, अलकापुरीमें पाँच वर्ष, बदरी वनमें छ वर्ष, नन्दनवनमें सात वर्ष, अभीष्ट फल देनेवाले वृक्षोंसे परिपूर्ण उत्तर कुरुप्रदेशमें आठ वर्ष, गन्धमादन पर्वतकी तलैटीमें पौने दस वर्ष और मनोरम मेरुपर्वतपर आठ वर्ष तक विविध प्रकारकी क्रीडायें करते हुए बड़े आनन्दके साथ रहे ॥५–८॥ इस प्रकार महाराज पुरूरवा उर्वशीके साथ देवगणसेवित उत्कृष्ट देवो-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थानोंमें भ्रमण करके अन्तमें महर्षिजनसेवित तथा पावन प्रदेश प्रयागमें रहते हुए राज्य करने लगे ॥९॥ स्वर्गमें निवास करते समय उनके आयु, अमावसु, विश्वायु, श्रुतायु, दृढ़ायु, वनायु और शतायु नामके सात बुद्धिमान् पुत्र उत्पन्न हुए ॥ १० ॥ ११ ॥ इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले-हे विप्रवर! आप बहुश्रुत हैं। अतएव हमें यह बताइए कि उर्वशी तो गन्धर्वी थी। तब उसने देवताओंको त्यागकर मर्त्यलोकमें राजा पुरूरवाके साथ विवाह क्यों किया? ॥ १२ ॥ वैशम्पायन बोले—महाराज! उर्वशीने ब्रह्मशापग्रस्त होकर मानुषीरूपसे इलापुत्र राजा पुरूरवाके साथ विवाह किया था ॥१३॥ विवाहके समय उसने अपना शाप उतारनेके लिए पुरूरवाके साथ इस प्रकारकी शर्तें निर्धारित की थीं कि महाराज कभी नग्नावस्थामें उर्वशीके समक्ष न जायँगे। अभिलाषा होनेपर ही वे उर्वशीके साथ रमण करेंगे। उर्वशीकी शय्याके पास सदा दो मेढ़ेके बच्चे बँधे रहेंगे। वे दिनभरमें केवल एक बार घी खायँगे। जितने दिनों तक

तस्या पुत्रा बभूवुस्ते सप्त देवसुतोपमाः ॥ दिवि जाता महात्मान आयुर्धीमानमावसुः ॥ १० ॥ विश्वायुश्चैव धर्मात्मा श्रुतायुश्च तथापरः ॥
दृढायुश्च वनायुश्च शतायुश्चोर्वशीसुताः ॥ ११ ॥ जनमेजय उवाच ॥ गान्धर्वी चोर्वशी देवी राजानं मानुषं कथम् ॥ देवानुत्सृज्य संप्राप्ता तन्नो
ब्रूहि बहुश्रुत ॥ १२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ब्रह्मशापाभिभूता सा मानुषं समपद्यत ॥ ऐलं तु सा वरारोहा समयात्समुपस्थिता ॥ १३ ॥
आत्मनः शापमोक्षार्थं समयं सा चकार ह ॥ अनग्नदर्शनं चैव सकामायां च मैथुनम् ॥ १४ ॥ द्वौ मेषौ शयनाभ्याशे सदा बद्धौ च तिष्ठतः ॥
घृतमात्रं तथाऽऽहारः कालमेकं तु पार्थिव ॥ १५ ॥ यद्येष समयो राजन्यावत्कालं च ते दृढः ॥ तावत्कालं तु वत्स्यामि त्वत्तः समय एष नः
॥ १६ ॥ तस्यास्तं समयं सर्वं स राजा समपालयत् ॥ एवं सा वसते तत्र पुरूरवसि भामिनी ॥ १७ ॥ वर्षाण्येकोनषष्टिस्तु तत्सक्ता शाप-
मोहिता ॥ उर्वश्यां मानुषस्थायां गन्धर्वाश्चिन्तयान्विताः ॥ १८ ॥ गन्धर्वा ऊचुः ॥ चिन्तयध्वं महाभागा यथा स तु वराङ्गना ॥ समा-
गच्छेत्पुनर्देवानुर्वशी स्वर्गभूषणम् ॥ १९ ॥ ततो विश्वावसुर्नाम तत्राह वदतां वरः ॥ मया तु समयस्ताभ्यां क्रियमाणः श्रुतः पुरा ॥ २० ॥
व्युत्क्रान्तसमयं सा वै राजानं त्यक्ष्यते यथा ॥ तदहं वेद्म्यशेषेण यथा भेत्स्यत्यसौ नृपः ॥ २१ ॥ ससहायो गमिष्यामि युष्माकं कार्यसिद्धये ॥

महाराज इन नियमोंका पालन करेंगे, उतने ही समय तक उर्वशी उनके पास रहेगी ॥१४–१६॥ हे राजन्! महाराज पुरूरवा उर्वशीके निर्धारित नियमोंका भलीभाँति पालन करते थे। शाप-भ्रष्टा उर्वशी भी महाराजपर अत्यधिक अनुरक्त होकर उनसठ वर्षों तक उनके साथ रही। जितने दिन उर्वशी मानुषीरूपमें राजा पुरूरवाके पास थी, उतने समय तक गन्धर्व बहुत चिन्तित थे ॥१७॥१८॥ बादमें गन्धर्वोंने परस्पर परामर्श करते हुए कहा—जिस तरह स्वर्गकी भूषणस्वरूपा उर्वशी पुनः देवलोकमें लौट आये, ऐसा कोई उपाय करना चाहिए ॥ १९ ॥ उनमेंसे वक्ताओंमें श्रेष्ठ विश्वावसु नामके गन्धर्वने कहा—पूर्वकालमें उर्वशी तथा पुरूरवाके बीच जो शर्तें तै हुई थीं, उन्हें मैंने सुना था ॥ २० ॥ प्रतिज्ञा भंग होते ही उर्वशी राजा पुरूरवाको छोड़कर चल देगी, इन बातोंके सिवाय मैं यह भी जानता हूँ कि उर्वशी और महाराजमें किस प्रकार फूट पड़ेगी ॥ २१ ॥ अतएव मैं अपने कुछ साथियोंके साथ कार्यसिद्धिके लिए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाऊँगा। ऐसा कहकर विश्वावसु गन्धर्व प्रयागको चल पड़ा ॥ २२ ॥ वहाँ पहुँचकर रात्रिके समय राजभवनमें घुसकर उसने एक मेंढ़ेके बच्चेको चुरा लिया। चारुहासिनी उर्वशी उन मेढ़ेके बच्चोंको पुत्रके समान मानकर प्यार करती थी ॥ २३ ॥ उर्वशीने गन्धर्वोंके आगमन तथा अपनी शापमुक्तिका समय उपस्थित जानकर राजा पुरूरवासे कहा—राजन्! हमारे एक पुत्रको किसने चुरा लिया? ॥२४॥ यह सुनकर भी वे यह सोचकर शय्यासे नहीं उठे कि 'उर्वशी मुझे नंगा देख लेगी।' जिससे प्रतिज्ञा भंग हो जायगी ॥२५॥ इसी बीच गन्धर्वोंने दूसरा मेषशावक भी चुरा लिया। दूसरे बच्चेके भी गायब हो जानेपर उर्वशीने राजा पुरूरवासे कहा—राजन्! जैसे किसी अनाथाका बच्चा हर जाय, वैसे ही मेरे बच्चे भी गुम हो गये। यह वचन सुनकर वे मेषशावकोंको खोजनेके लिए नंगे ही दौड़ पड़े। इसी समय गन्धर्वोंने बिजली चमका दी। उस विद्युत्प्रकाशसे सारा राजमहल आलोकित हो उठा ॥२६–२८॥ उसी उजालेमें

एवमुक्त्वा गतस्तत्र प्रतिष्ठानं महायशाः ॥ २२ ॥ निशायामथ चागम्य मेषमेकं जहार सः ॥ मातृवद्वर्त्तते सा तु मेषयोश्चारुहासिनी ॥ २३ ॥ गन्धर्वागमनं श्रुत्वा शापान्तं च यशस्विनी ॥ राजानमब्रवीत्तत्र पुत्रो मेऽह्रियतेति सा ॥ २४ ॥ एवमुक्तो विनिश्चित्य नग्नो नैवोदतिष्ठत ॥ नग्नं मां द्रक्ष्यते देवी समयो वितथो भवेत् ॥ २५ ॥ ततो भूयस्तु गन्धर्वा द्वितीयं मेषमाददुः ॥ द्वितीये तु हृते मेषे ऐलं देव्यब्रवीदिदम् ॥२६॥ पुत्रो मेऽपहृतो राजन्ननाथाया इव प्रभो ॥ एवमुक्तस्तथोत्थाय नग्नो राजा प्रधावितः ॥ २७ ॥ मेषयोः पदमन्विच्छन्गन्धर्वैर्विद्युदप्यथ ॥ उत्पादिता सुमहती यया तद्भवनं महत् ॥ २८ ॥ प्रकाशितं वै सहसा ततो नग्नमवैक्षत ॥ नग्नं दृष्ट्वा तिरोभूता साऽप्सरा कामरूपिणी ॥ २९ ॥ उत्सृष्टावुरणौ दृष्ट्वा राजा गृह्यागतो गृहे ॥ अपश्यन्नुर्वशीं तत्र विललाप सुदुःखितः ॥ ३० ॥ चचार पृथिवीं सर्वां मार्गमाण इतस्ततः ॥ अथापश्यत्स तां राजा कुरुक्षेत्रे महाबलः ॥ ३१ ॥ प्लक्षतीर्थे पुष्करिण्यां हैमवत्यां समाप्लुताम् ॥ क्रीडन्तीमप्सरोभिश्च पञ्चभिः सह शोभनाम् ॥ ३२ ॥ तां क्रीडन्तीं ततो दृष्ट्वा विललाप सुदुःखितः ॥ सा चापि तत्र तं दृष्ट्वा राजानमविदूरतः ॥ ३३ ॥ उर्वशी ताः सखीः प्राह स एष पुरुषोत्तमः ॥ यस्मिन्नहमवात्सं वै दर्शयामास तं नृपम् ॥ ३४ ॥ समाविग्नास्तु ताः सर्वाः पुनरेव नराधिप ॥ जायेह तिष्ठ मनसा घोरे वचसि तिष्ठ ह ॥ ३५ ॥ एवमादीनि सूक्तानि परस्परमभाषत ॥ उर्वशी चाब्रवीदैलं सगर्भाऽहं त्वया प्रभो ॥ ३६ ॥ संवत्सरात्कुमारास्ते भविष्यन्ति न

उर्वशीने महाराज पुरूरवाको नंगा देख लिया और वह तत्काल अन्तर्धान हो गयी ॥२९॥ उधर राजाको आते देख गन्धर्व उन मेड़के बच्चोंको छोड़कर भाग गये। राजा बच्चोंके साथ घर आये तो उर्वशीको न देखकर विलाप करने लगे ॥ ३० ॥ उर्वशीको खोजते हुए महाराज पुरूरवाने सारी पृथिवी छान डाली। अन्तमें वह कुरुक्षेत्रमें दिखायी पड़ी ॥ ३१ ॥ महाराजने देखा कि प्लक्षतीर्थकी एक सुनहले कमलोंवाली पुष्करिणीमें वह पाँच अप्सराओंके साथ जलक्रीड़ा कर रही है। उर्वशीको देखते ही महाराज अत्यधिक दुखी होकर विलाप करने लगे। उर्वशीने उन्हें पास ही खड़े देखकर अपनी सहेलियोंसे कहा—सखियों! मैं इतने दिन तक जिन महापुरुषके पास थी, वे सामने खड़े हैं ॥३२–३४॥ यह वाक्य सुनते ही उन अप्सराओंने कहा—मुग्धे! तू मन-वचन-कर्मसे यहीं रह। उन्होंने परस्पर ऐसे-ऐसे अनेक अर्थपूर्ण सूक्त कहे। उर्वशीने महाराज पुरूरवासे कहा—प्रभो! आपके सहवाससे मैं गर्भवती हो गयी हूँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥३५॥३६॥ वर्ष भरके भीतर ही आपके कई बालक उत्पन्न हो जायँगे, इसमें कोई सन्देह नहीं है। हे राजन्! तब एक रात आप और मेरे साथ रहेंगे ॥ ३७ ॥ उर्वशीके इन वचनोंको सुनकर महाराज बड़े प्रसन्न हुए और अपनी राजधानीको लौट गये। साल भर बाद उर्वशी फिर महाराज पुरूरवाके पास आयी और एक रात उनके साथ रही। इसके बाद उर्वशीने कहा- महाराज! गन्धर्व आपको वर देना चाहते हैं। सो आप उनसे समकक्षता (बराबरी) का वर माँग लीजिए ॥ ३८-४० ॥ उर्वशीके कथनानुसार राजा पुरूरवाने गन्धर्वोंसे प्रार्थना की। गन्धर्वोंने 'तथास्तु' कहकर वरदान तथा एक अग्निपूरित स्थाली देते हुए कहा-"राजन्! यह अग्निकी स्थाली लीजिए। इस अग्नि द्वारा यज्ञ करनेसे आप मेरे लोकोंको प्राप्त कर सकेंगे।" तदनन्तर महाराज पुरूरवा उर्वशीसे उत्पन्न पुत्रोंको साथ लेकर अपने नगरकी ओर चले ॥४१॥४२॥ आते समय अग्निको वनमें रखकर महाराज अपने घर जा पहुँचे। कुछ समय बाद

संशयः ॥ निशामेकां च नृपते निवत्स्यसि मया सह ॥ ३७ ॥ हृष्टो जगाम राजाऽथ स्वपुरं तु महायशाः ॥ गते संवत्सरे भूय उर्वशी पुनरागमत् ॥ ३८ ॥ उषितश्च तया सार्द्धमेकरात्रं महायशाः ॥ उर्वश्यथाब्रवीदैलं गन्धर्वा वरदास्तव ॥ ३९ ॥ तान्वृणीष्व महाराज ब्रूहि चैनांस्त्वमेव हि ॥ वृणीष्व समतां राजन्गन्धर्वाणां महात्मनाम् ॥ ४० ॥ तथेत्युक्त्वा वरं वव्रे गन्धर्वाश्च तथास्त्विति ॥ पूरयित्वाऽग्निना स्थालीं गन्धर्वाश्च तमब्रुवन् ॥ ४१ ॥ अनेनेष्ट्वा स लोकान्नः प्राप्स्यसि त्वं नराधिप ॥ तानादाय कुमारांस्तु नगरायोपचक्रमे ॥ ४२ ॥ निक्षिप्याग्निमरण्ये तु सपुत्रस्तु गृहं ययौ ॥ स त्रेताऽग्निं तु नापश्यदश्वत्थं तत्र दृष्टवान् ॥ ४३ ॥ शमीजातं तु तं दृष्ट्वा अश्वत्थं विस्मितस्तदा ॥ गन्धर्वेभ्यस्तदाऽशंसदग्निनाशं ततस्तु सः ॥ ४४ ॥ श्रुत्वा तमर्थमखिलमरणीं तु समादिशन् ॥ अश्वत्थादरणीं कृत्वा मथित्वाऽग्निं यथाविधि ॥ ४५ ॥ मथित्वाग्निं त्रिधा कृत्वा अयजत्स नराधिपः ॥ इष्ट्वा यज्ञैर्बहुविधैर्गतस्तेषां सलोकताम् ॥ ४६ ॥ गन्धर्वेभ्यो वरं लब्ध्वा त्रेताग्निं समकारयत् ॥ एकोऽग्निः पूर्वमेवासीदैलस्त्रेतामकारयत् ॥ ४७ ॥ एवंप्रभावो राजाऽऽसीदैलस्तु नरसत्तम ॥ देशे पुण्यतमे चैव महर्षिभिरभिष्टुते ॥ ४८ ॥ राज्यं स कारयामास प्रयागे पृथिवीपतिः ॥ उत्तरे जाह्नवीतीरे प्रतिष्ठाने महायशाः ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि ऐलोत्पत्तिर्नाम षड्विंशोऽध्यायः ॥ २६ ॥

फिर अग्निके पास गये तो देखा कि वहाँ अग्नि नहीं, बल्कि एक अश्वत्थ वृक्ष खड़ा है ॥४३॥ कुछ ही क्षणों बाद देखा कि वह शमीजात अग्नि पीपलका पेड़ हो गया है। तब महाराज बहुत विस्मित हुए और उन्होंने गन्धर्वोंके पास जाकर अग्निनाशका हाल बताया ॥ ४४ ॥ सो सुनकर गंधर्वोंने उन्हें एक अरणी प्रस्तुत करनेका आदेश दिया। तदनुसार महाराज पुरूरवाने अश्वत्थसे एक अरणी तैयार करके उसका विधिवत् मन्थन किया। उस अरणीसे जो अग्नि उत्पन्न हुआ, उसके तीन भाग करके वे यज्ञ करने लगे। इस प्रकार अनेक यज्ञ करके उन्होंने गन्धर्वोंकी समकक्षता प्राप्त कर ली ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ पहले अग्नि एक ही था, किन्तु इन इलापुत्र महाराज पुरूरवाने गन्धर्वोंसे वर प्राप्त करके अग्निको तीन भागोंमें विभक्त कर दिया ॥ ४७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे राजन् जनमेजय! पुरुषोत्तम पुरूरवा इस प्रकार प्रभावशाली नरेश थे। उत्तरप्रदेशमें गंगातटपर स्थित प्रयागनगरमें उनकी राजधानी थी। प्रयाग

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अतिशय पवित्र स्थान है। वहाँ बहुतेरे महर्षि रहते हैं। उसीका दूसरा नाम प्रतिष्ठान है ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकायां षड्विंशोऽध्यायः ॥ २६ ॥

(अमावसुके वंशका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उर्वशीके गर्भसे उत्पन्न राजा पुरूरवाके सातों पुत्र देवपुत्रोंके समान सुन्दर थे। उनके नाम हैं—आयु, अमावसु, विश्वायु, धर्मात्मा श्रुतायु, दृढायु, वनायु और शतायु। इनका जन्म देवलोकमें हुआ था। राजा भीम और नग्नजित् ये दोनों अमावसुके पुत्र थे ॥ १ ॥ २ ॥ भीमके पुत्र श्रीमान् राजा कांचनप्रभ थे। कांचनप्रभके महाबली और विद्वान् पुत्र सुहोत्र हुए ॥३॥ केशिनीके गर्भसे उत्पन्न जह्नु सुहोत्रके पुत्र थे। महात्मा जह्नुने सर्वमेध महायज्ञ किया था ॥ ४ ॥ भागीरथी गंगाने उनके गुणोंपर मुग्ध होकर उन्हें अपना पति बनानेका प्रस्ताव किया था और स्वयं उनके पास आयी थीं, किन्तु जह्नुने इनकार कर दिया। इससे कुपित होकर गंगाजी अपने प्रवाहमें

वैशम्पायन उवाच ॥ ऐलपुत्रा बभूवुस्ते सर्वे देवसुतोपमाः ॥ दिवि जाता महात्मान आयुर्धीमानमावसुः ॥ १ ॥ विश्वायुश्चैव धर्मात्मा
श्रुतायुश्च तथापरः ॥ दृढायुश्च वनायुश्च शतायुश्चोर्वशीसुताः ॥ अमावसोश्च दायादो भीमो राजाऽथ नग्नजित् ॥ २ ॥ श्रीमान्भीमस्य दायादो
राजाऽऽसीत्कांचनप्रभः ॥ विद्वांस्तु काञ्चनस्यापि सुहोत्रोऽभून्महाबलः ॥ ३ ॥ सौहोत्रिरभवज्जह्नुः केशिन्या गर्भसंभवः ॥ आजह्रे यो महासत्रं
सर्वमेधं महामखम् ॥ ४ ॥ पतिलोभेन यं गङ्गा पतित्वेऽभिससार ह ॥ नेच्छतः प्लावयामास तस्य गङ्गा च तत्सदः ॥ ५ ॥ स तया प्लावितं दृष्ट्वा
यज्ञवाटं समन्ततः ॥ सौहोत्रिरब्रवीद्गङ्गां क्रुद्धो भरतसत्तम ॥ ६ ॥ एष ते विफलं यत्नं पिबन्नम्भः करोम्यहम् ॥ अस्य गंगेऽवलेपस्य सद्यः फलम-
वाप्नुहि ॥ ७ ॥ राजर्षिणा ततः पीतां गङ्गां दृष्ट्वा महर्षयः ॥ उपनिन्युर्महाभागां दुहितृत्वेन जाह्नवीम् ॥ ८ ॥ युवनाश्वस्य पुत्रीं तु कावेरीं जह्नु-
रावहत् ॥ युवनाश्वस्य शापेन गंगार्धेन विनिर्ममे ॥ कावेरीं सरितां श्रेष्ठां जह्नोर्भार्यामनिन्दिताम् ॥९॥ जह्नुस्तु दयितं पुत्रं सुनहं नाम धार्मिकम् ॥
कावेर्यां जनयामास अजकस्तस्य चात्मजः ॥ १० ॥ अजकस्य तु दायादो बलाकाश्वो महीपतिः ॥ बभूव मृगयाशीलः कुशस्तस्यात्मजोऽभवत्
॥ ११ ॥ कुशपुत्रा बभुवुर्हि चत्वारो देववर्चसः ॥ कुशिकः कुशनाभस्तु कुशाम्बो मूर्तिमांस्तथा ॥ १२ ॥ पह्लवैः सह संवृद्धो राजा वनचरैस्तदा ॥

उनकी यज्ञशाला बहा ले गयीं ॥ ५ ॥ यज्ञशालाको प्लावित देखकर सुहोत्रपुत्र जह्नुने क्रुद्ध होकर गंगाजीसे कहा—॥ ६ ॥ गंगे ! तुम्हारा जल पीकर मैं यह सारा प्रयत्न व्यर्थ कर दूँगा। अभी तुम अपने अहंकारका फल भोग लोगी ॥७॥ ऐसा कहकर राजर्षि जह्नु गङ्गाजीको पी गये। यह घटना घटित देखकर महर्षियोंने अनेक तरहसे अनुनय-विनय करके गङ्गाजीको राजा जह्नुकी पुत्रीके रूपमें परिणत कर दिया। इसीसे गङ्गाजीका नाम 'जाह्नवी' पड़ गया ॥ ८ ॥ राजा युवनाश्वके शापसे गङ्गाजीके आधे शरीरसे सरिद्वरा कावेरीकी उत्पत्ति हुई थी। यह कावेरी युवनाश्वकी पुत्री थी। आगे चलकर राजर्षि जह्नुके साथ उसका विवाह हुआ ॥ ९ ॥ कावेरीसे जह्नुके सुनह नामका परम धार्मिक और प्रिय पुत्र उत्पन्न हुआ। सुनहका पुत्र अजक हुआ ॥ १० ॥ अजकका पुत्र राजा बलाकाश्व हुआ। बलाकाश्व मृगयाका बड़ा प्रेमी था। उसका पुत्र कुश हुआ ॥ ११ ॥ कुशके चार पुत्र हुए। वे चारों देवताओंके सदृश तेजस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे। उनके नाम थे—कुशिक, कुशनाभ, कुशाम्बु और मूर्तिमान् ॥ १२ ॥ उनमें राजा कुशिक वनचर पह्लवगणोंके साथ मिलकर इन्द्रतुल्य पुत्र प्राप्त करनेकी अभिलाषासे तप करने लगे ॥१३॥ हजार वर्ष बीतनेपर इन्द्रने देखा कि ये जिस प्रकार कठोर तप कर रहे हैं, उससे इन्हें मेरे जैसा पुत्र अनायास प्राप्त हो जायगा। इससे भयभीत होकर इन्द्रने स्वयं पुत्ररूपसे उनके यहाँ जन्म लिया ॥१४॥१५॥ उस पुत्रका नाम था—गाधि। राजा पुरुकुत्सकी कन्या पौरकुत्सी महाराज कुशिककी भार्या थी। उसीसे गाधिका जन्म हुआ ॥१६॥ राजा गाधिकी महाभागा सत्यवती नाम्नी एक कन्या थी। उसका विवाह उन्होंने भृगुपुत्र महर्षि ऋचीकके साथ कर दिया ॥ १७ ॥ तदनन्तर भृगुनन्दन ऋचीकने अपनी भार्या सत्यवतीपर प्रसन्न होकर गाधि तथा अपने पुत्रके लिए चरु तैयार की। उसे सत्यवतीको देते हुए उन्होंने कहा—प्रिये! यह चरु तुम खा लो और यह अपनी माताको खिला दो ॥ १८ ॥ १९ ॥ इस

कुशिकस्तु तपस्तेपे पुत्रमिन्द्रसमं विभुः ॥ लभेयमिति तं शक्रस्त्रासादभ्येत्य जज्ञिवान् ॥ १३ ॥ पूर्णे वर्षसहस्रे वै तं तु शक्रो ह्यपश्यत ॥ अत्युग्रतपसं दृष्ट्वा सहस्राक्षः पुरंदरः ॥ १४ ॥ समर्थः पुत्रजनने स्वमेवांशमवासयत् ॥ पुत्रत्वे कल्पयामास स देवेन्द्रः सुरोत्तमः ॥ १५ ॥ स गाधिरभवद्राजा मघवान्कौशिकः स्वयम् ॥ पौरकुत्स्यभवद्भार्या गाधिस्तस्यामजायत ॥ १६ ॥ गाधेः कन्या महाभागा नाम्ना सत्यवती शुभा ॥ तां गाधिर्भृगुपुत्राय ऋचीकाय ददौ प्रभुः ॥ १७ ॥ तस्याः प्रीतोऽभवद्भर्ता भार्गवो भृगुनन्दनः ॥ पुत्रार्थं कल्पयामास चरुं गाधेस्तथैव च ॥ १८ ॥ उवाचाहूय तां भर्ता ऋचीको भार्गवस्तदा ॥ उपयोज्यश्चरुरयं त्वया मात्रा त्वयं तव ॥१९॥ तस्यां जनिष्यते पुत्रो दीप्तिमान्क्षत्रियर्षभः ॥ अजेयः क्षत्रियैर्लोके क्षत्रियर्षभसूदनः ॥ २० ॥ तवापि पुत्रं कल्याणि धृतिमन्तं तपोनिधिम् ॥ शमात्मकं द्विजश्रेष्ठं चरुरेष विधास्यति ॥ २१ ॥ एवमुक्त्वा तु तां द्रष्टुं भार्यामृचीको भृगुनन्दनः ॥ तपस्यभिरतो नित्यमरण्यं प्रविवेश ह ॥२२॥ गाधिः सदारस्तु तदा ऋचीकावासमभ्यगात् ॥ तीर्थयात्राप्रसंगेन सुतां द्रष्टुं जनेश्वरः ॥ २३ ॥ चरुद्वयं गृहीत्वा तदृषेः सत्यवती तदा ॥ चरुमादाय यत्नेन सा तु मात्रे न्यवेदयत् ॥ २४ ॥ माता व्यत्यस्य दैवेन दुहित्रे स्वं चरुं ददौ ॥ तस्याश्चरुमथाज्ञानादात्मसंस्थं चकार ह ॥ २५ ॥ अथ सत्यवती गर्भं क्षत्रियान्तकरं तदा ॥ धारयामास दीप्तेन वपुषा घोरदर्शनम् ॥ २६ ॥ तामृचीकस्ततो दृष्ट्वा योगेनाभ्यनुसृत्य च ॥ तामब्रवीद्द्विजश्रेष्ठः स्वां भार्यां वरवर्णिनीम् ॥ २७ ॥ मात्राऽसि

चरुको खानेसे तुम्हारी माताके जो पुत्र होगा, वह बड़ा तेजस्वी, क्षत्रियोंका नाशक तथा दुष्ट क्षत्रियोंके लिए अजेय होगा ॥ २० ॥ चरुभक्षणसे तुम्हारे जो पुत्र होगा, वह धैर्यशाली शान्तस्वभाव एवं तपस्वी महर्षि होगा ॥ २१ ॥ हे राजन् जनमेजय! भार्यासे ऐसा कहकर नित्य तपोनिरत भृगुतनय ऋचीक तपके लिए वनको चले गये ॥ २२ ॥ इसी समय अपनी पत्नीके साथ तीर्थयात्राके प्रसंगमें महाराज गाधि भी पुत्रीको देखनेके लिए आश्रमपर जा पहुँचे ॥ २३ ॥ तब सत्यवतीने वह ऋषि ऋचीककी दी हुई चरु लाकर माताको दे दी ॥ २४ ॥ दैवयोगसे अज्ञानवश माताने अपनी चरु पुत्री सत्यवतीको खिला दिया और उसकी चरुको स्वयं खा लिया ॥ २५ ॥ चरुभक्षणमें इस प्रकार परिवर्तन हो जानेके कारण सत्यवतीका शरीर देदीप्यमान हो उठा और उसका गर्भ भयानक तथा क्षत्रियविनाशक दिखायी देने लगा ॥२६॥ जब ऋचीकने देखा तो योगबलसे सब बातें जानकर उन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेवाला और भयानक होगा ॥२७॥२८॥ सुन्दरी सत्यवतीसे कहा—भद्रे ! चरु बदलकर तुम्हारी माताने तुम्हें ठग लिया । अब तुम्हारे गर्भसे उत्पन्न होनेवाला पुत्र बड़ा ही क्रूर कम किन्तु तुम्हारी माताकी कोखसे उत्पन्न तुम्हारा भाई तपस्वी और ब्रह्मदर्शी होगा । क्योंकि मैंने अपने तपोबलसे उस चरुमें चारों वेदोंको समाविष्ट कर दिया था ॥ २९ ॥ पतिदेवके ऐसा कहनेपर सत्यवतीने उनसे विनय करते हुए कहा—देव ! अब ऐसा कुछ करिए कि जिससे ऐसा ब्राह्मणाधम पुत्र न उत्पन्न हो । यह सुनकर महामुनि ऋचीक बोले—॥ ३० ॥ हे देवि ! पिता या माताके दोषसे ही पुत्र उद्दण्ड होता है । तुम्हारे दोषसे ही यह बात हुई है । नहीं तो मेरा संकल्प ऐसा नहीं था ॥ ३१ ॥ मुनि ऋचीकके यह कहनेपर सत्यवतीने कहा–हे देव ! यदि आप चाहें तो एक पुत्रकी बात तो दूर रही, समस्त विश्वकी सृष्टि कर सकते हैं । अतएव आप मुझे शान्तगुणावलम्बी तथा सरल प्रकृतिका पुत्र प्रदान करिए ॥३२॥

वञ्चिता भद्रे चरुव्यत्यासहेतुना ॥ जनिष्यति हि पुत्रस्ते क्रूरकर्माऽतिदारुणः ॥ २८ ॥ भ्राता जनिष्यते चापि ब्रह्मभूतस्तपोधनः ॥ विश्वं हि ब्रह्म तपसा मया तस्मिन्समर्पितम् ॥२९॥ एवमुक्ता महाभागा भर्त्रा सत्यवती तदा ॥ प्रसादयामास पतिं पुत्रो मे नेदृशो भवेत् ॥ ब्राह्मणापसद-स्तत्र इत्युक्तो मुनिरब्रवीत् ॥ ३० ॥ नैष संकल्पितः कामो मया भद्रे तथाऽस्त्विति ॥ उग्रकर्मा भवेत्पुत्रः पितुर्मातुश्च कारणात् ॥ पुनः सत्यवती वाक्यमेवमुक्ताऽब्रवीदिदम् ॥ ३१ ॥ इच्छँल्लोकानपि मुने सृजेथाः किं पुनः सुतम् ॥ शमात्मकमृजुं त्वं मे पुत्रं दातुमिहार्हसि ॥३२॥ काममेवंविधः पौत्रो मम स्यात्तव च प्रभो ॥ यद्यन्यथा न शक्यं वै कर्तुमेतद्द्विजोत्तम ॥ ३३ ॥ ततः प्रसादमकरोत्स तस्यास्तपसो बलात् ॥ भद्रे नास्ति विशेषो मे पौत्रे च वरवर्णिनि ॥ त्वया यथोक्तं वचनं तथा भद्रे भविष्यति ॥ ३४ ॥ ततः सत्यवती पुत्रं जनयामास भार्गवम् ॥ तपस्यभिरतं दान्तं जमदग्निं शमात्मकम् ॥३५॥ भृगोश्चरुविपर्यासे रौद्रवैष्णवयोः पुरा ॥ यजनाद्वैष्णवेऽशांशे जमदग्निरजायत ॥ ३६ ॥ सा हि सत्यवती पुण्या सत्यधर्मपरायणा ॥ कौशिकीति समाख्याता प्रवृत्तेयं महानदी ॥ ३७ ॥ इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रेणुर्नाम नराधिपः ॥ तस्य कन्या महाभागा कामली नाम रेणुका ॥ ३८ ॥ रेणुकायां तु कामल्यां तपोविद्यासमन्वितः ॥ आर्चीको जनयामास जामदग्न्यं सुदारुणम् ॥ ३९ ॥ सर्वविद्यानुगं श्रेष्ठं

यदि आप एकाएक यह न कर सकें तो ऐसा कुछ कर दीजिए कि पुत्र उग्रकर्मा न होकर पौत्र वैसा हो ॥ ३३ ॥ तब तपस्वी ऋचीकने प्रसन्न होकर कहा—भद्रे ! मेरी समझसे तो पुत्र और पौत्रमें कोई अन्तर नहीं है । अतएव तुमने जो कहा है, वही होगा ॥ ३४ ॥ तदनुसार सत्यवतीने जमदग्निको उत्पन्न किया । पूर्वकालमें सत्यवतीने रुद्र तथा विष्णुके अंशसे बनी चरुमें फेर-बदल कर दिया था । बादमें मुनिवर ऋचीकके देवाराधन द्वारा उसमें संशोधन करनेके लिए वैष्णव अंशसे ही जमदग्निका जन्म हुआ । भृगुवंशमें उत्पन्न जमदग्नि इन्द्रियनिग्रही, शान्तस्वभाव और तपोनिष्ठ हो गये ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ हे जनमेजय ! सत्यधर्मपरायणा तथा पवित्र स्वभाववाली सत्यवती कौशिकी महानदीके रूपमें परिणत हो गयी ॥ ३७ ॥ इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न रेणु नामके एक राजा थे । उनकी कन्याका नाम था–कामली रेणुका ॥३८॥ उस रेणुपुत्री कामलीके गर्भसे ऋचीकतनय जमदग्निने धधकती आगके समान तेजस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा भयानक पुत्र उत्पन्न किया ॥ ३९ ॥ वह पुत्र सभी विद्याओं और विशेष करके धनुर्वेदमें पारंगत, परम तेजस्वी एवं क्षत्रियनाशक 'राम' इस नामसे विख्यात हुआ ॥ ४० ॥ सत्यवतीसे महर्षि ऋचीकके दो पुत्र उत्पन्न हुए। जिनमें शुनःशेप मध्यम तथा शुनःपुच्छ कनिष्ठ था। कुशिकनन्दन महाराज गाधिके पुत्र विश्वामित्र हुए ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ विश्वामित्रने अपने तप, विद्या तथा शान्तस्वभावके कारण सप्तर्षियोंमें स्थान पा लिया था ॥ ४३ ॥ धर्मात्मा विश्वामित्रका दूसरा नाम था—विश्वरथ। भृगुनन्दन महर्षि ऋचीककी कृपासे ही वंशवर्द्धन महात्मा विश्वामित्रने गाधिके घरमें जन्म लिया था ॥ ४४ ॥ अब मैं महर्षि विश्वामित्रके देवरात आदि तीनों लोकोंमें विख्यात पुत्रोंके नाम बता रहा हूँ। सुनिए ॥ ४५ ॥ देवश्रवा, कति और हिरण्याक्ष, ये तीन पुत्र शालावतीके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। इनमेंसे कतिके पुत्र कात्यायन नामसे विख्यात हुए ॥ ४६ ॥ रेणुमान्, गालव, मुद्गल,

धनुर्वेदस्य पारगम् ॥ रामं क्षत्रियहन्तारं प्रदीप्तमिव पावकम् ॥ ४० ॥ और्वस्यैवमृचीकस्य सत्यवत्यां महायशाः ॥ जमदग्निस्तपोवीर्याज्जज्ञे ब्रह्म-
विदां वरः ॥ ४१ ॥ मध्यमश्च शुनःशेपः शुनःपुच्छः कनिष्ठकः ॥ विश्वामित्रं तु दायादं गाधिः कुशिकनन्दनः ॥ ४२ ॥ जनयामास पुत्रं तु तपो-
विद्याशमात्मकम् ॥ प्राप्य ब्रह्मर्षिसमतां योऽयं सप्तर्षितां गतः ॥ ४३ ॥ विश्वामित्रस्तु धर्मात्मा नाम्ना विश्वरथः स्मृतः ॥ जज्ञे भृगुप्रसादेन कौशि-
काद्वंशवर्धनः ॥ ४४ ॥ विश्वामित्रस्य तु सुता देवरातादयः स्मृताः ॥ प्रख्यातास्त्रिषु लोकेषु तेषां नामानि मे शृणु ॥ ४५ ॥ देवश्रवाः कतिश्चैव
यस्मात्कात्यायनाः स्मृतः ॥ शालावत्यां हिरण्याक्षो रेणोर्जज्ञेऽथ रेणुमान् ॥ ४६ ॥ सांकृतिर्गालवश्चैव मुद्गलश्चेति विश्रुताः ॥ मधुच्छन्दा जयश्चैव
देवलश्च तथाष्टकः ॥ ४७ ॥ कच्छपो हारितश्चैव विश्वामित्रस्य वै सुताः ॥ तेषां ख्यातानि गोत्राणि कौशिकानां महात्मनाम् ॥ ४८ ॥ पाणिनो
बभ्रवश्चैव ध्यानजप्यास्तथैव च ॥ पार्थिवा देवराताश्च शालङ्कायनबाष्कलाः ॥ ४९ ॥ लोहिता यामदूताश्च तथा कारीषवः स्मृताः ॥ सौश्रुताः कौशिका
राजंस्तथान्ये सैन्धवायनाः ॥ ५० ॥ देवला रेणवश्चैव याज्ञवल्क्याघमर्षणः ॥ औदुम्बरा ह्यभिष्णातास्तारकायनचुञ्चुलाः ॥ ५१ ॥ शालावत्या
हिरण्याक्षाः सांकृत्या गालवास्तथा ॥ बादरायणिनश्चान्ये विश्वामित्रस्य धीमतः ॥ ५२ ॥ ऋष्यंतरविवाहाश्च कौशिका बहवः स्मृताः ॥ पौर-
वस्य महाराज ब्रह्मर्षेः कौशिकस्य च ॥ संबंधोऽप्यस्य वंशेऽस्मिन्ब्रह्मक्षत्रस्य विश्रुतः ॥ ५३ ॥ विश्वामित्रात्मजानां तु शुनःशेपोऽग्रजः

मधुच्छन्दा और जय आदि विश्वामित्रके पुत्र रेणुकासे उत्पन्न हुए थे। अष्टक, देवल, कच्छप और हारीत ये भी विश्वामित्रके पुत्र थे। कुशिकवंशमें उत्पन्न इन सभी महात्माओंके नाम-गोत्रादि विश्वविख्यात हैं ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ पाणिन, बभ्रव, ध्यानजप्य, पार्थिव, देवरात, शालङ्कायन, बाष्कल, लोहित, कारीषव, सौश्रुत और सैन्धवायन, ये सब कौशिकवंशी हैं ॥ ४९ ॥ ५० ॥ याज्ञवल्क्य, अघमर्षण, औदुम्बर, अभिष्णात, तारकायन और चुंचुल ये शालावतीके पौत्र और हिरण्याक्षके पुत्र थे। वादरायणगण एवं देवल, रेणु, सांकृत्य तथा गालवके पुत्रगण, ये सब बुद्धिमान् विश्वामित्रके वंशज थे ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ सांकृति प्रभृति कुशिकवंशी महात्माओंमेंसे अनेकोंने अन्यान्य ऋषियोंके कुलमें विवाह किये थे। पुरुवंशी राजे एवं ब्रह्मर्षि वसिष्ठ आदिको विशेष सम्बन्धोंमें आबद्ध देखा जाता है ॥ ५३ ॥ विश्वामित्रके पुत्रोंमें शुनःशेप सबसे बड़ा था। उसके कोई सन्तान नहीं थी और उन मुनिवरने कौशिकत्व

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्राप्त किया था ॥ ५४ ॥ विश्वामित्रतनय शुनःशेप राजा हरिश्चन्द्रके यज्ञमें यज्ञपशुके स्थानपर नियुक्त हुआ था ॥ ५५ ॥ किन्तु देवताओंने उसे फिर विश्वामित्रको अर्पण कर दिया था। देवताओंके पुनः अर्पण करनेके कारण ही उसका 'देवरात' नाम पड़ा ॥ ५६ ॥ देवरात आदि सात एवं एक दृषद्वतीतनय अष्टक ये आठों विश्वामित्रके पुत्र थे ॥५७॥ अष्टकके पुत्रका नाम था—लौहि। हे जनमेजय ! यहाँ जह्नुवंशका इतिहास समाप्त हुआ । अब मैं महात्मा आयुके वंशका वर्णन करूँगा ॥ ५८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पण्डित रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तविंशोऽध्यायः ॥ २७ ॥

(महात्मा आयुके वंशका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! राहुकी कन्या प्रभाके गर्भसे आयुके नहुष, वृद्धशर्मा, रम्भ, रजि और अनेना ये पाँच पुत्र उत्पन्न हुए

स्मृतः ॥ भार्गवः कौशिकत्वं हि प्राप्तः स मुनिसत्तमः ॥ ५४ ॥ विश्वामित्रस्य पुत्रस्तु शुनःशेपोऽभवत्किल ॥ हरिदश्वस्य यज्ञे तु पशुत्वे विनियोजितः ॥ ५५ ॥ देवैर्दत्तः शुनःशेपो विश्वमित्राय वै पुनः ॥ देवैर्दत्तः स वै यस्माद्देवरातस्ततोऽभवत् ॥५६॥ देवरातादयः सप्त विश्वामित्रस्य वै सुताः ॥ दृषद्वतीसुतश्चापि विश्वामित्रात्तथाऽष्टकः ॥ ५७ ॥ अष्टकस्य सुतो लौहिः प्रोक्तो जह्नुगणो मया ॥ अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वंशमायोर्महात्मनः ॥ ५८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि अमावसुवंशकीर्तनं नाम सप्तविंशोऽध्यायः ॥ २७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ आयोः पुत्रास्तथा पञ्च सर्वे वीरा महारथाः ॥ स्वर्भानुतनयायां च प्रभायां जज्ञिरे नृप ॥ १ ॥ नहुषः प्रथमं जज्ञे वृद्धशर्मा ततः परम् ॥ रम्भो रजिरनेनाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः ॥ २ ॥ रजिः पुत्रशतानीह जनयामास पञ्च वै ॥ राजेयमिति विख्यातं क्षत्रमिन्द्रभयावहम् ॥ ३ ॥ यत्र देवासुरे युद्धे समुत्पन्ने सुदारुणे ॥ देवाश्चैवासुराश्चैव पितामहमथाब्रुवन् ॥ ४ ॥ आवयोर्भगवन्युद्धे को विजेता भविष्यति ॥ ब्रूहि नः सर्वभूतेश श्रोतुमिच्छामि ते वचः ॥ ५ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ येषामर्थाय संग्रामे रजिरात्तायुधः प्रभुः ॥ योत्स्यते ते जयिष्यन्ति त्रींल्लोकान्नात्र संशयः ॥ ६ ॥ यतो रजिर्धृतिस्तत्र श्रीश्च तत्र यतो धृतिः ॥ यतो धृतिश्च श्रीश्चैव धर्मस्तत्र जयस्तथा ॥ ७ ॥ ते देवदानवाः प्रीता देवेनोक्ता रजेर्जये ॥ अभ्ययुर्जयमिच्छन्तो वृण्वाना भरतर्षभम् ॥ ८ ॥ स हि स्वर्भानुदौहित्रः प्रभायां समपद्यत ॥ राजा परमतेजस्वी

॥ १ ॥ वे पुत्र बड़े विकट योधा और महारथी नामसे सारी त्रिलोकीमें विख्यात थे ॥ २ ॥ रजिके एक सौ पाँच पुत्र उत्पन्न हुए। वे सब राजेय नामसे विख्यात थे। वे देवराज इंद्रको भी त्रस्त किये रहते थे ॥ ३ ॥ एक बार देवासुरयुद्ध छिड़ा तो सभी देवता और दैत्य एक साथ मिलकर लोकपितामह ब्रह्माके पास गये और कहा—भगवन् ! हम दोनों पक्षोंमें कौन विजयी होगा। सो कृपा करके बताइए ॥ ४ ॥ ५ ॥ ब्रह्मा बोले——तुम दोनोंमें जिसकी ओरसे रजि शस्त्र सम्हालेंगे, वह पक्ष ही त्रिलोकविजयी होगा। इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ६ ॥ क्योंकि जहाँ रजि है, वहाँ ही धैर्य रहेगा और जहाँ धैर्य होगा, वहीं श्री रहेगी। क्योंकि धर्म धैर्य तथा श्रीका अनुचर है। सुतरां जहाँ धर्म रहेगा, वहीं जय होगी ॥७॥ ब्रह्माके ऐसा कहनेपर वे देवता और दानव परम प्रसन्न होकर विजयप्राप्तिकी लालसासे सामवंशको कीर्ति बढ़ानेवाले परम तेजस्वी एवं राहुके नाती राजा रजिको अपना सेनापति बनानेके लिए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनके पास गये और दोनों पक्षके लोग कहने लगे—महाराज ! हमारी विजयके लिए आप अपना श्रेष्ठ धनुष हाथमें लीजिए ॥ ८–१० ॥ तत्र अर्थशास्त्रज्ञ नरेश रजिने अपने यश तथा स्वार्थके उद्देश्यको ध्यानमें रखते हुए कहा ॥ ११ ॥ राजा रजि बोले—हे इन्द्रादि देवता ! यदि मैं सब दैत्योंको जीतकर इन्द्रत्व प्राप्त कर सकूँगा, तभी युद्धयात्रा करूँगा ॥ १२ ॥ यह सुनकर देवता बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा—हे राजन् ! आपकी कामना पूर्ण होगी ॥ १३ ॥ देवताओंके वचन सुनकर राजा रजिने असुरोंसे कहा—देखो, जिस तरह देवता मेरी बातसे सहमत हो गये हैं, उसी तरह तुम भी सहमत हो जाओ तो मैं युद्धके लिए तैयार हो जाऊँ ॥ १४ ॥ अहंकारी असुरोंने यह बात सुनकर अभिमानपूर्वक कहा—प्रह्लाद हमारे इन्द्र हैं । उन्हींको साथ लेकर हम विजय प्राप्त कर लेंगे । आप देवताओंके नियमपर निर्भर रहकर इन्द्रत्व लाभ करिए ॥ १५ ॥ तत्काल महाराज रजि 'तथास्तु' कहकर निश्चिन्त हो

सोमवंशप्रवर्द्धनः ॥ ९ ॥ ते हृष्टमनसः सर्वे रजिं दैतेयदानवाः ॥ ऊचुरस्मज्जयाय त्वं गृहाण वरकार्मुकम् ॥ १० ॥ अथोवाच रजिस्तत्र तयोर्वै
देवदैत्ययोः ॥ स्वार्थज्ञः स्वार्थमुद्दिश्य यशः स्वं च प्रकाशयन् ॥ ११ ॥ रजिरुवाच ॥ यदि दैत्यगणान्सर्वाञ्जित्वा शक्रपुरोगमाः ॥ इन्द्रो भवामि
धर्मेण तदा योत्स्यामि संयुगे ॥ १२ ॥ देवाः प्रथमतो भूयः प्रत्यूचुर्हृष्टमानसाः ॥ एवं यथेष्टं नृपते कामः संपद्यतां तव ॥ १३ ॥ श्रुत्वा सुरगणानां
तु वाक्यं राजा रजिस्तदा ॥ पप्रच्छासुरमुख्यांस्तु यथा देवानपृच्छत ॥ १४ ॥ दानवा दर्पपूर्णास्तु स्वार्थमेवानुगम्य ह ॥ प्रत्यूचुस्तं नृपवरं
साभिमानमिदं वचः ॥ १५ ॥ अस्माकमिन्द्रः प्रह्लादो यस्यार्थे विजयामहे ॥ अस्मिंस्तु समये राजंस्तिष्ठेथा राजसत्तम ॥ १६ ॥ स तथेति ब्रुवन्नेव
देवैरप्यभिचोदितः ॥ भविष्यसीन्द्रो जित्वैवं देवैरुक्तस्तु पार्थिव ॥ जघान दानवान्सर्वान्ये वध्या वज्रपाणिनः ॥ १७ ॥ स विप्रनष्टां देवानां
परमश्रीः श्रियं वशी ॥ निहत्य दानवान्सर्वानाजहार रजिः प्रभुः ॥ १८ ॥ ततो रजिं महावीर्यं देवैः सह शतक्रतुः ॥ रजेः पुत्रोऽहमित्युक्त्वा
पुनरेवाब्रवीद्वचः ॥ १९ ॥ इन्द्रोऽसि तात देवानां सर्वेषां नात्र संशयः ॥ यस्याहमिन्द्रः पुत्रस्ते ख्यातिं यास्यामि कर्मभिः ॥ २० ॥ स तु
शक्रवचः श्रुत्वा वञ्चितस्तेन मायया ॥ तथेत्येवाब्रवीद्राजा प्रीयमाणः शतक्रतुम् ॥ २१ ॥ तस्मिंस्तु देवसदृशे दिवं प्राप्ते महीपतौ ॥ दायाद्य-
मिन्द्रादाजह्रुराचारात्तनया रजेः ॥ २२ ॥ पञ्च पुत्रशतान्यस्य तद्वै स्थानं शतक्रतोः ॥ समाक्रमन्त बहुधा स्वर्गलोकं त्रिविष्टपम् ॥ २३ ॥ ततो

गये । इधर देवताओंने कहा—आप दानवोंको मारकर इन्द्रपद प्राप्त करिए । उनके कथनानुसार राजा रजिने रणभूमिमें जाकर इन्द्रके भी अजेय दानवोंको मारकर देवताओंके हाथसे भ्रष्ट राजलक्ष्मीका पुनरुद्धार किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ तदनन्तर सब देवताओंको साथ लेकर इन्द्र राजा रजिके पास गये और कहा—राजन् ! अब आप देवताओंके राजा इन्द्र हो गये । इसमें कोई सन्देह नहीं है, किन्तु मैं आजसे आपका पुत्र कहलाऊँगा और अपने शुभ कार्योंके बलसे इन्द्र बनकर प्रसिद्धि प्राप्त करूँगा ॥ १८–२० ॥ हे राजा जनमेजय ! महाराज रजिने इस प्रकार इन्द्रकी वाक्चातुरीसे वंचित होकर बड़ी प्रसन्नताके साथ उनकी बात मान ली ॥ २१ ॥ तदनन्तर जब रजिको स्वर्गका राज्य मिल गया और उन्होंने वहाँ जाकर राज्य सम्हाला, तब उनके पाँच सौ पुत्र स्वर्गमें जा पहुँचे और कहने लगे—"यह हम लोगोंके पिताका राज्य है । अतएव हम सब इसे परस्पर बाँट लेंगे ।" तदनुसार उन्होंने स्वर्गका राज्य बाँट

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिया ॥ २२ ॥ २३ ॥ इस प्रकार इन्द्रका इन्द्रत्व तथा यज्ञभाग लुप्त हुए कुछ समय बीत गया । तब एक दिन इन्द्र देवगुरु बृहस्पतिके पास गये और बोले—ब्रह्मन् ! राजा रजिके पुत्रोंने मेरा राज्य, तेज और भोजनतक छीन लिया है । इस समय मैं नितान्त विमूढ़, दुर्बल, कृश और विमनस्क हो गया हूँ । अतएव आप मेरे लिए बदरीफल (बेर) मात्र पुरोडाशका प्रबन्ध कर दीजिए, जिसे खाकर मैं किसी तरह सदा सबल बना रह सकूँ ॥२४–२६॥ गुरु बृहस्पति बोले—देवेन्द्र ! यदि तुमने पहले कहा होता तो तुम्हारा कल्याण करनेके लिए मैं कोई भी काम करनेसे न मुकरता ॥२७॥ फिर भी हे अनघ ! मैं ऐसा कोई उपाय अवश्य करूँगा कि जिससे तुम शीघ्र अपना राज्य तथा यज्ञभाग प्राप्त कर सको । हे तात ! तुम उद्विग्न मत होओ ॥२८॥ हे जनमेजय ! सुरगुरु बृहस्पतिने ऐसा कहकर इन्द्रका तेज बढ़ाने तथा रजिके पुत्रोंकी बुद्धि भ्रष्ट करनेके लिए उपयोगी कर्म प्रारम्भ कर दिया । तदनुसार सर्वप्रथम उन्होंने

बहुतिथे काले समतीते महाबलः ॥ हृतराज्योऽब्रवीच्छक्रो हृतभागो बृहस्पतिम् ॥ २४ ॥ इन्द्र उवाच ॥ बदरीफलमात्रं वै पुरोडाशं विधत्स्व मे ॥ ब्रह्मर्षे येन तिष्ठेयं तेजसाऽऽप्यायितः सदा ॥ २५ ॥ ब्रह्मन्कृशोऽहं विमना हृतराज्यो हृताशनः ॥ हृतौजा दुर्बलो मूढो रजिपुत्रैः कृतः प्रभो ॥ २६ ॥ बृहस्पतिरुवाच ॥ यद्येवं चोदितः शक्र त्वयाऽस्यां पूर्वमेव हि ॥ नाभविष्यत्त्वत्प्रियार्थमकर्त्तव्यं ममानघ ॥ २७ ॥ प्रयतिष्यामि देवेन्द्र त्वत्प्रियार्थं न संशयः ॥ यथा भागं च राज्यं च न चिरात्प्रतिलप्स्यसे ॥ २८ ॥ तथा तात करिष्यामि मा भूत्ते विक्लवं मनः ॥ ततः कर्म चकारास्य तेजसो वर्द्धनं तदा ॥ २९ ॥ तेषां च बुद्धिसंमोहमकरोद्द्विजसत्तमः ॥ नास्ति वादार्थशास्त्रं हि धर्मविद्वेषणं परम् ॥ ३० ॥ परमं तर्कशास्त्राणामसतां तन्मनोऽनुगम् ॥ न हि धर्मप्रधानानां रोचते तत्कथान्तरे ॥ ३१ ॥ ते तद्बृहस्पतिकृतं शास्त्रं श्रुत्वाऽल्पचेतसः ॥ पूर्वोक्तधर्मशास्त्राणामभवन्द्वेषिणः सदा ॥ ३२ ॥ प्रवक्तुर्न्यायरहितं तन्मतं बहु मेनिरे ॥ तेनाधर्मेण ते पापाः सर्व एव क्षयं गताः ॥ ३३ ॥ त्रैलोक्यराज्यं शक्रस्तु प्राप्य दुष्प्रापमेव च ॥ बृहस्पतिप्रसादाद्धि परां निर्वृतिमभ्ययात् ॥ ३४ ॥ ते यदा तु सुसंमूढा रागोन्मत्ता विधर्मिणः ॥ ब्रह्मद्विषश्च संवृत्ता हतवीर्यपराक्रमाः ॥ ३५ ॥ ततो लेभे सुरैश्वर्यमिन्द्रः स्थानं तथोत्तमम् ॥ हत्वा रजिसुतान्सर्वान्कामक्रोधपरायणान् ॥ ३६ ॥ य इदं च्यावनं स्थाना-

एक ऐसे धर्मशास्त्रका निर्माण किया, जिसमें ईश्वर और अर्थशास्त्रकी कोई चर्चा नहीं थी । उसमें केवल धर्मके प्रति विद्वेषकी बातें लिखी थीं ॥ २९ ॥ ३० ॥ उसमें तर्कशास्त्रकी ऐसी बातें लिखी थीं कि जिन्हें पढ़कर मूर्खोंको बड़ा आनन्द मिलता था । क्योंकि ऐसे लोगोंका मन धर्मप्रधान ग्रन्थोंमें नहीं लगता ॥ ३१ ॥ सुरगुरु बृहस्पतिका वह ग्रन्थ मन्दबुद्धि रजिके पुत्रोंको बहुत पसन्द आया । उसे पढ़कर वे धर्मशास्त्रके विरोधी हो गये ॥३२॥ उस ग्रन्थके उपदेष्टाके निकृष्ट उपदेशको ही वे उत्कृष्ट ज्ञान समझ बैठे, जिससे उनके मनमें अधर्म घर कर गया । उस अधर्मसे वे रजिपुत्र स्वतः नष्ट होने लगे । इस प्रकार क्रमशः जब वे नितान्त मूर्ख तथा रागोन्मत्त होकर ब्रह्मविद्वेषी हो गये, तब उनका पराक्रम भी क्षीण हो गया । उधर देवराज इन्द्र बृहस्पतिकी कृपासे उन काम-क्रोधपरायण रजिके पुत्रोंको मारकर दुष्प्राप्य त्रैलोक्यका राज्य प्राप्त करके सुखी हुए ॥३३–३६॥ हे राजा जनमेजय ! जो मनुष्य देवराज इन्द्रके पतन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा पुनः राज्यप्राप्तिके इस कथानकको सुनता और हृदयंगम करता है, उसे कभी किसी दुरात्माके उपद्रवका सामना नहीं करना पड़ता ॥ ३७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाविंशोऽध्यायः ॥ २८ ॥

(कश्यप प्रजापतिके वंशका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! रम्भके कोई सन्तान नहीं थी । अतएव अब मैं अनेनाके वंशका वृत्तान्त सुना रहा हूँ । अनेनाके पुत्र महायशस्वी राजा प्रतिक्षत्र थे ॥१॥ प्रतिक्षत्रका पुत्र सृञ्जय, सृञ्जयका पुत्र विजय, विजयका पुत्र कृति, कृतिका पुत्र हर्यश्वत, हर्यश्वतका परम प्रतापी पुत्र सहदेव, सहदेवका धर्मात्मा पुत्र नदीन, नदीनका पुत्र जयत्सेन, जयत्सेनका पुत्र संकृति और संकृतिका यशस्वी एवं धर्मात्मा पुत्र क्षत्रधर्मा हुआ । इस प्रकार मैंने अनेनाके पुत्रोंको गिना दिया । अब क्षत्रवृद्धके वंशका

त्प्रतिष्ठां च शतक्रतोः ॥ शृणुयाद्धारयेद्वाऽपि न स दौरात्म्यमाप्नुयात् ॥ ३७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि आयुर्वंशकीर्त्तनं नाम अष्टाविंशोऽध्यायः ॥ २८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ रम्भोऽनपत्यस्तत्रासीद्वंशं वक्ष्याम्यनेनसः ॥ अनेनसः सुतो राजा प्रतिक्षत्रो महायशाः ॥ १ ॥ प्रतिक्षत्रसुतश्चापि सृञ्जयो नाम विश्रुतः ॥ सृञ्जयस्य जयः पुत्रो विजयस्तस्य चात्मजः ॥ २ ॥ विजयस्य कृतिः पुत्रस्तस्य हर्यश्वतः सुतः ॥ हर्यश्वतसुतो राजा सहदेवः प्रतापवान् ॥ ३ ॥ सहदेवस्य धर्मात्मा नदीन इति विश्रुतः ॥ नदीनस्य जयत्सेनो जयत्सेनस्य संकृतिः ॥ ४ ॥ संकृतेरपि धर्मात्मा क्षत्रधर्मा महायशाः ॥ अनेनसः समाख्याताः क्षत्रवृद्धस्य मे शृणु ॥ ५ ॥ क्षत्रवृद्धात्मजस्तत्र सुनहोत्रो महायशाः ॥ सुनहोत्रस्य दायादास्त्रयः परमधार्मिकाः ॥ ६ ॥ काशः शलश्च द्वावेतौ तथा गृत्समदः प्रभुः ॥ पुत्रो गृत्समदस्यापि शुनको यस्य शौनकाः ॥ ७ ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रियाश्चैव वैश्याः शूद्रास्तथैव च ॥ शलात्मजश्चार्ष्टिषेणस्तनूजस्तस्य काशकः ॥ ८ ॥ काशस्य काशयो राजन्पुत्रो दीर्घतपास्तथा ॥ धन्वस्तु दीर्घतपसो विद्वान्धन्वन्तरिस्ततः ॥ ९ ॥ तपसोऽन्ते सुमहतो जातो वृद्धस्य धीमतः ॥ पुनर्धन्वन्तरिर्देवो मानुषेष्विह जज्ञिवान् ॥ १० ॥ जनमेजय उवाच ॥ कथं धन्वन्तरिर्देवो मानुषेष्विह जज्ञिवान् ॥ एतद्वेदितुमिच्छामि तन्मे ब्रूहि यथातथम् ॥ ११ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ धन्वन्तरेः संभवोऽयं

वृत्तान्त सुनिए ॥ २–५ ॥ क्षत्रवृद्धका महायशस्वी पुत्र सुनहोत्र हुआ । सुनहोत्रके तीन परम धर्मात्मा पुत्र हुए ॥ ६ ॥ उनके नाम हैं—काश, शल और गृत्समद । गृत्समदका पुत्र शुनक हुआ । शुनकके शौनक-नामधारी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र जातिके अनेक पुत्र हुए । शलका पुत्र आर्ष्टिषेण, आर्ष्टिषेणका पुत्र काशक, काशकके काशय तथा दीर्घतपा और दीर्घतपाका पुत्र धन्व हुआ । राजा धन्वने बहुत दिनों तप करके वृद्धावस्थामें विद्वान् धन्वन्तरिको पुत्ररूपमें पाया । भगवान् धन्वन्तरि स्वयं पुनः मनुष्यरूपसे इस लोकमें अवतीर्ण हुए थे ॥७–१०॥ इतनी कथा सुनकर जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! धन्वन्तरिदेवने मनुष्यलोकमें क्यों जन्म लिया ? मैं यथार्थरूपमें यह वृत्तान्त सुनना चाहता हूँ, कहिए ॥ ११ ॥ वैशम्पायन बोले—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे राजन् ! पूर्वकालमें अमृतमन्थनके समय महातेजस्वी धन्वन्तरि भगवान समुद्रसे निकले थे। वे उस समय भी भगवान विष्णुका स्मरण कर रहे थे। उत्पन्न होनेपर विष्णुको सम्मुख देखा तो स्तब्ध होकर खड़े रह गये ॥ १२ ॥ १३ ॥ विष्णु भगवानने उन्हें खड़े देखकर कहा—तुम अब्ज हो। उनके यह कहनेसे ही धन्वन्तरिका 'अब्ज' नाम पड़ गया। अब्जने कहा—हे प्रभो ! मैं आपका पुत्र हूँ ॥ १४ ॥ हे सुरेश्वर ! अब आप मेरे लिए यज्ञभाग तथा निवासस्थानकी व्यवस्था करिए। उनके ऐसा कहनेपर विष्णु भगवान बोले—॥ १५ ॥ हे अब्ज ! देवताओंने पहलेसे ही परस्पर यज्ञोंका भाग बाँट लिया है और महर्षियोंने भी हवनीय द्रव्यको देवताओंमें वितरित कर दिया है। अतएव इस समय मैं तुम्हारे लिए होमभागकी व्यवस्था नहीं कर सकता। क्योंकि देवताओंमें अभी तुम नये देवता हो ॥ १६ ॥ १७ ॥ हाँ, दूसरे जन्ममें तुम विशेष ख्याति प्राप्त करोगे। उस समय तुम्हें गर्भावस्थामें ही अणिमादि सिद्धियाँ

श्रूयतां भरतर्षभ ॥ जातः स हि समुद्रात्तु मथ्यमाने पुराऽमृते ॥ १२ ॥ उत्पन्नः कलशात्पूर्वं सर्वतश्च श्रिया वृतः ॥ अभ्यसन्सिद्धिकार्यं हि विष्णुं दृष्ट्वा हि तस्थिवान् ॥ १३ ॥ अब्जस्त्वमिति होवाच तस्मादब्जस्तु स स्मृतः ॥ अब्जः प्रोवाच विष्णुं वै तव पुत्रोऽस्मि वै प्रभो ॥ १४ ॥ विधत्स्व भागं स्थानं च मम लोके सुरेश्वर ॥ एवमुक्तः स दृष्ट्वा वै तथ्यं प्रोवाच तं प्रभुः ॥ १५ ॥ कृतो यज्ञविभागो हि यज्ञियैर्हि सुरैः पुरा ॥ देवेषु विनियुक्तं हि विद्धि होत्रं महर्षिभिः ॥ १६ ॥ न शक्यमुपहोमा वै तुभ्यं कर्तुं कदाचन ॥ अर्वाग्भूतोऽसि देवानां पुत्र त्वं तु महीश्वरः ॥ १७ ॥ द्वितीयायां तु संभूत्यां लोके ख्यातिं गमिष्यसि ॥ अणिमादिश्च ते सिद्धिर्गर्भस्थस्य भविष्यति ॥ १८ ॥ तेनैव त्वं शरीरेण देवत्वं प्राप्स्यसे प्रभो ॥ चरुमन्त्रैर्व्रतैर्जाप्यैर्यक्ष्यन्ति त्वां द्विजातयः ॥ १९ ॥ अष्टधा त्वं पुनश्चैवमायुर्वेदं विधास्यसि ॥ अवश्यभावी ह्यर्थोऽयं प्राग्दृष्टस्त्वब्जयोनिना ॥ २० ॥ द्वितीयं द्वापरं प्राप्य भविता त्वं न संशयः ॥ इमं तस्मै वरं दत्त्वा विष्णुरन्तर्दधे पुनः ॥ २१ ॥ द्वितीये द्वापरे प्राप्ते सौनहोत्रिः स काशिराट् ॥ पुत्रकामस्तपस्तेपे धन्वो दीर्घतपास्तदा ॥ २२ ॥ प्रपद्ये देवतां तां तु या मे पुत्रं प्रदास्यति ॥ अब्जं देवं सुतार्थाय तदाऽऽराधितवान्नृपः ॥ २३ ॥ ततस्तुष्टः स भगवानब्जः प्रोवाच तं नृपम् ॥ यदीच्छसि वरं ब्रूहि तत्ते दास्यामि सुव्रत ॥ २४ ॥ नृप उवाच ॥ भगवन्यदि तुष्टस्त्वं पुत्रो मे ख्यातिमान्भव ॥ तथेति तमनुज्ञाय तत्रैवान्तरधीयत ॥ २५ ॥

प्राप्त हो जायँगी ॥ १८ ॥ उसी शरीरसे तुम देवत्व प्राप्त करोगे। उस समय ब्राह्मणगण तुम्हारे लिए चरु, मंत्र, व्रत तथा जप द्वारा यज्ञका विधान करेंगे ॥ १९ ॥ उसी जन्ममें तुम आयुर्वेदशास्त्रके आठ भाग करोगे। अब्जयोनि ब्रह्माने यह पहले ही से निश्चित कर दिया है ॥ २० ॥ द्वापर युगमें तुम्हारा दूसरा जन्म अवश्य होगा और ये सभी घटनायें घटेंगी। इसमें कोई संशय नहीं है। विष्णु भगवान धन्वन्तरिको ऐसा वर देकर अन्तर्धान हो गये ॥ २१ ॥ उधर द्वापर युगमें काशिराज एवं सुनहोत्रतनय दीर्घतपाने पुत्रप्राप्तिके लिये कठोर तप प्रारम्भ किया ॥ २२ ॥ जो अब्ज देवता उन्हें पुत्र प्रदान करनेवाले थे, वे उन्हींकी आराधना करने लगे ॥ २३ ॥ उनकी तपस्यासे प्रसन्न होकर भगवान् अब्जदेवने कहा—हे सुव्रत ! तुम जो माँगोगे, मैं तुम्हें वही वर दूँगा ॥ २४ ॥ राजा दीर्घतपाने कहा——भगवन् ! यदि मुझपर प्रसन्न हों तो आप स्वयं मेरे पुत्ररूपमें अवतरित हों। इसपर अब्जदेव 'तथास्तु'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहकर अन्तर्धान हो गये ॥ २५ ॥ तदनुसार कालान्तरमें उनके घर सर्वरोगनाशक काशिराज धन्वन्तरि भगवान उत्पन्न हुए ॥ २६ ॥ महर्षि भरद्वाजके पास उन्होंने आयुर्वेदका अध्ययन किया और उसके बाद आयुर्वेदके आठ भाग करके उन्हें अपने शिष्योंको पढ़ाया ॥२७॥ हे राजन् ! धन्वन्तरिके पुत्र केतुमान् और केतुमान्के पुत्र भीमरथ हुए ॥२८॥ भीमरथके पुत्र राजा दिवोदास थे। महाराज दिवोदास काशीके राजा हुए तो रुद्रानुचर क्षेमक नामके एक राक्षसने काशीको मनुष्यशून्य कर दिया ॥ २९ ॥ ३० ॥ बुद्धिमान् महात्मा निकुम्भने एक बार शाप देते हुए कहा था कि एक हजार वर्ष तक काशी जनशून्य रहेगी। इसमें संशय नहीं है ॥ ३१ ॥ निकुम्भके ऐसा शाप देनेपर दिवोदासने गोमती नदीके रमणीक तटपर अपनी राजधानी बसायी ॥३२॥ पूर्वकालमें काशीपर राजा भद्रश्रेण्यका अधिकार था। किन्तु राजा दिवोदासने भद्रश्रेण्यके सौ धनुर्धारी पुत्रोंको मारकर काशीपर अधिकार कर लिया ॥३३॥३४॥

तस्य गेहे समुत्पन्नो देवो धन्वन्तरिस्तदा ॥ काशिराजो महाराज सर्वरोगप्रणाशनः ॥ २६ ॥ आयुर्वेदं भरद्वाजात्प्राप्येह भिषजां क्रियाम् ॥
तमष्टधा पुनर्व्यस्य शिष्येभ्यः प्रत्यपादयत् ॥ २७ ॥ धन्वन्तरेस्तु तनयः केतुमानिति विश्रुतः ॥ अथ केतुमतः पुत्रो वीरो भीमरथः स्मृतः ॥ २८॥
सुतो भीमरथस्यापि दिवोदासः प्रजेश्वरः ॥ दिवोदासस्तु धर्मात्मा वाराणस्यधिपोऽभवत् ॥ २९ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु पुरीं वाराणसीं नृपः ॥
शून्यां निवासयामास क्षेमको नाम राक्षसः ॥ ३० ॥ शप्ता हि सा मतिमता निकुम्भेन महात्मना ॥ शून्या वर्षसहस्रं वै भवित्री नात्र संशयः
॥ ३१ ॥ तस्यां तु शप्तमात्रायां दिवोदासः प्रजेश्वरः ॥ विषयान्ते पुरीं रम्यां गोमत्यां संन्यवेशयत् ॥ ३२ ॥ भद्रश्रेण्यस्य पूर्वं तु पुरी वाराणसी-
त्यभूत् ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्राणां शतमुत्तमधन्विनाम् ॥ ३३ ॥ हत्वा निवेशयामास दिवोदासो नरर्षभः ॥ भद्रश्रेण्यस्य तद्राज्यं हृतं तेन बलीयसा
॥ ३४ ॥ जनमेजय उवाच ॥ वाराणसीं निकुम्भस्तु किमर्थं शप्तवान्प्रभुः ॥ निकुम्भकश्च धर्मात्मा सिद्धिक्षेत्रं शशाप यः ॥ ३५ ॥ वैशम्पायन
उवाच ॥ दिवोदासस्तु राजर्षिर्नगरीं प्राप्य पार्थिवः ॥ वसतिस्म महातेजाः स्फीतायां तु नराधिपः ॥३६॥ एतस्मिन्नेव काल तु कृतदारो महेश्वरः॥
देव्याः स प्रियकामस्तु न्यवसच्छ्वशुरान्तिके ॥ ३७ ॥ देवाज्ञया पार्षदा ये त्वधिरूपास्तपोधनाः ॥ पूर्वोक्तैरुपदेशैश्च तोषयन्ति स्म पार्वतीम् ॥ ३८ ॥
हृष्यते वै महादेवी मेना नैव प्रहृष्यति ॥ जुगुप्सत्यसकृत्तां वै देवीं देवं तथैव सा ॥ ३९ ॥ सपार्षदस्त्वनाचारस्तव भर्ता महेश्वरः ॥ दरिद्रः सर्व-

इतनी कथा सुनकर जनमेजयने कहा--द्विजवर ! महात्मा निकुम्भने काशीको शाप क्यों दिया ? जिन्होंने इस सिद्धिक्षेत्रों (मोक्षधाम) को शाप दिया, वे कोई साधारण पुरुष न रहे होंगे। अतएव यह भी बताइए कि निकुम्भ कौन थे ? ॥ ३५ ॥ वैशम्पायनने कहा---महाराज ! राजर्षि और महातेजस्वी राजा दिवोदास समृद्धिसम्पन्न काशीपुरीमें जाकर रहने लगे ॥ ३६ ॥ उन दिनों शंकर भगवान अपना विवाह करके भगवती पार्वतीको प्रसन्न करनेके लिए अपनी ससुरालमें रह रहे थे ॥ ३७ ॥ उनके आदेशसे अच्छे-अच्छे शिवगण शंकर भगवान्के प्राचीन उपदेश सुना-सुनाकर पार्वतीका मनोरंजन किया करते थे ॥३८॥ उन उपदेशोंको सुनकर पार्वतीजी बहुत प्रसन्न होती थीं, किन्तु उनकी माता मेनाको यह सब नहीं भाता था। वे बार-बार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शंकर भगवान और पार्वतीकी निन्दा करती हुई बोलीं—वत्से ! तुम्हारे पति और उनके पार्षद सब आचारभ्रष्ट हैं। वे सदा दरिद्र बने रहते हैं। उनमें शील तो है ही नहीं ॥३९॥४०॥ माताके ऐसा कहनेपर वरदायिनी पार्वती स्त्रीस्वभाववश कुपित हो गयीं और तनिक मुसकाकर शिवजीके पास जा पहुँचीं ॥ ४१ ॥ वहाँ वे विषण्णवदन होकर बोलीं—देव ! अब मैं यहाँ न रहूँगी। आप मुझे अपने घर ले चलिए ॥४२॥ हे महाराज जनमेजय ! पार्वतीके वचन सुनकर शंकरजीने मन ही मन तीनों लोकोंका पर्यवेक्षण करके मर्त्यलोकके सिद्धिक्षेत्र वाराणसी पुरीमें रहनेका निश्चय किया। किन्तु उसपर राजा दिवोदासका अधिकार था ॥४३॥४४॥ अतएव उन्होंने अपने पास ही बैठे हुए निकुम्भको बुलाकर कहा—गणेश्वर ! तुम जाकर किसी मृदु युक्तिसे काशीपुरीको जनशून्य कर दो ॥४५॥ यह भी समझ लो कि दिवोदास बड़ा पराक्रमी राजा है। शिवजीके आज्ञानुसार निकुम्भ काशी जा पहुँचा। वहाँ उसने कण्डुक नामके एक

देवासो शीलं तस्य न वर्तते ॥ ४० ॥ मात्रा तथोक्ता वरदा स्त्रीस्वभावाच्च चुक्रुधे ॥ स्मितं कृत्वा च वरदा भवपार्श्वमथागमत् ॥ ४१ ॥ विवर्णवदना देवी महादेवमभाषत ॥ नेह वत्स्याम्यहं देव नय मां स्वं निकेतनम् ॥ ४२ ॥ तथा कर्तुं महादेवः सर्वलोकानवैक्षत ॥ वासार्थं रोचयामास पृथिव्यां कुरुनन्दन ॥ ४३ ॥ वाराणसीं महातेजाः सिद्धिक्षेत्रं महेश्वरः ॥ दिवोदासेन तां ज्ञात्वा निविष्टां नगरीं भवः ॥ ४४ ॥ पार्श्वे तिष्ठन्तमाहूय निकुम्भमिदमब्रवीत् ॥ गणेश्वर पुरीं गत्वा शून्यां वाराणसीं कुरु ॥४५॥ मृदुनैवाभ्युपायेन ह्यतिवीर्यः स पार्थिवः ॥ ततो गत्वा निकुम्भस्तु पुरीं वाराणसीं तदा ॥ ४६ ॥ स्वप्ने निदर्शयामास कण्डुकं नाम नापितम् ॥ श्रेयस्तेऽहं करिष्यामि स्थानं मे रचयानघ ॥ ४७ ॥ मद्रूपां प्रतिमां कृत्वा नगर्यन्ते तथैव च ॥ ततः स्वप्ने यथोद्दिष्टं सर्वं कारितवान्नृप ॥ ४८ ॥ पुरीद्वारे तु विज्ञाप्य राजानं च यथाविधि ॥ पूजां तु महतीं तस्य नित्यमेव प्रयोजयत् ॥ ४९ ॥ गन्धैश्च धूपमाल्यैश्च प्रोक्षणीयैस्तथैव च ॥ अन्नपानप्रयोगैश्च अत्यद्भुतमिवाभवत् ॥ ५० ॥ एवं संपूज्यते तत्र नित्यमेव गणेश्वरः ॥ ततो वरसहस्रं तु नागराणां प्रयच्छति ॥ पुत्रान्हिरण्यमायुश्च सर्वान्कामांस्तथैव च ॥ ५१ ॥ राज्ञस्तु महिषी श्रेष्ठा सुयशा नाम विश्रुता ॥ पुत्रार्थमागता देवी साध्वी राज्ञा प्रचोदिता ॥ ५२ ॥ पूजां तु विपुलां कृत्वा देवी पुत्रमयाचत ॥ पुनः पुनरथागत्य बहुशः

नाईको स्वप्नमें दर्शन देकर कहा—तुम मेरी प्रतिमूर्ति बनाकर इस नगरीके किसी भागमें स्थापित कर दो। ऐसा करनेसे मैं तुम्हारा कल्याण करूँगा। नाईने स्वप्नमें दी हुई निकुम्भकी आज्ञा-का पालन करते हुए सब कार्य सम्पन्न कर दिया ॥४६-४८॥ फिर वह काशीपुरीके मुख्य द्वारपर बड़े समारोहके साथ निकुम्भकी पूजा करने लगा। राजाके दिवोदासको भी उसने सूचित कर दिया ॥४९॥ वह प्रतिदिन चन्दन, माला, धूप, दीप, विविध प्रकारके नैवेद्य तथा जल आदि सामग्रियोंसे पूजन करता था। काशीके सभी लोगोंको यह बड़ी अद्भुत बात मालूम पड़ती थी ॥ ५० ॥ इस प्रकार नित्य निकुम्भ गणेश्वरकी पूजा होने लगी। गणेश्वर भी अपने उपासक नागरिकोंकी धन, पुत्र, आयु आदि सब कामनायें पूर्ण करने लगा ॥ ५१ ॥ ख्याति बढ़ जानेपर एक दिन राजा दिवोदासकी आज्ञा लेकर राजरानी सुयशाने भी पुत्रकी कामनासे गणेश्वरकी पूजा करके पुत्रप्राप्तिकी प्रार्थना की। इस प्रकार राजमहिषीने बारम्बार पूजन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया और बारम्बार पुत्र माँगा ॥५२॥५३॥ किन्तु निकुम्भने यह सोचकर उसे पुत्र नहीं दिया कि जिससे राजा मुझपर कुपित हो जाय। क्योंकि उसके क्रुद्ध होनेपर ही निकुम्भका काम बन सकता था ॥ ५४ ॥ बहुत दिनों बाद राजाको क्रोध आया और उसने कहा—यह भूत प्रसन्न होकर अन्य सभी लोगोंको सैकड़ों प्रकारके वरदान देता है, किन्तु मेरे आदमी नित्य इसकी पूजा करते हैं और मैं भी महारानीकी पुत्रलालसाको पूर्ण करनेके निमित्त प्रार्थना करता हूँ। तथापि यह कृतघ्न मुझे पुत्र नहीं देता ॥ ५५–५७ ॥ अतएव अब इसकी पूजा नहीं की जायगी। मैं इस दुष्टका मन्दिर भी ढहा दूँगा ॥ ५८ ॥ ऐसा निश्चय करके दुरात्मा दिवोदासने निकुम्भका मन्दिर गिरवा दिया ॥ ५९ । तब निकुम्भने प्रत्यक्ष प्रकट होकर राजाको शाप देते हुए कहा—"तुमने बिना किसी अपराधके मेरा मन्दिर नष्ट किया है । अतएव अकस्मात् तुम्हारी नगरी जनशून्य हो जायगी" ॥ ६० ॥ निकुम्भके शाप देते

पुत्रकारणात् ॥ ५३ ॥ न प्रयच्छति पुत्रं हि निकुम्भःकारणेन हि ॥ राजा तु यदि नः कुप्येत्कार्यसिद्धिस्ततो भवेत् ॥५४॥ अथ दीर्घेण कालेन क्रोधो राजानमाविशत् ॥ भूत एष महान्द्वारि नागराणां प्रयच्छति ॥ ५५ ॥ प्रीतो वरान्वै शतशो मम किं न प्रयच्छति ॥ मामकैः पूज्यते नित्यं नगर्यां मे सदैव हि ॥ ५६ ॥ विज्ञापितो मयाऽत्यर्थं देव्या मे पुत्रकारणात् ॥ न ददाति च पुत्रं मे कृतघ्नः केन हेतुना ॥ ५७ ॥ ततो नार्हति सत्कारं मत्सकाशाद्विशेषतः ॥ तस्मात्तु नाशयिष्यामि स्थानमस्य दुरात्मनः ॥ ५८ ॥ एवं स तु विनिश्चित्य दुरात्मा राजकिल्बिषी ॥ स्थानं गणपतेस्तस्य नाशयामास दुर्मतिः ॥ ५९ ॥ भग्नमायतनं दृष्ट्वा राजानमशपत्प्रभुः ॥ यस्मादनपराधस्य त्वया स्थानं विनाशितम् ॥ पुर्यकस्मादियं शून्या तव नूनं भविष्यति ॥ ६० ॥ ततस्तेन तु शापेन शून्या वाराणसी तदा ॥ शप्त्वा पुरीं निकुम्भस्तु महादेवमथागमत् ॥ ६१ ॥ अकस्माच्च पुरी सा तु विद्रुता सर्वतो दिशम् ॥ तस्यां पुर्यां ततो देवो निर्ममे पदमात्मनः ॥ ६२ ॥ रमते तत्र वै देवो रममाणो गिरेः सुताम् ॥ न रतिं तत्र वै देवी लभते गृहविस्मयात् ॥ वसाम्यत्र न पुर्यां तु देवी देवमथाब्रवीत् ॥ ६३ ॥ देव उवाच ॥ नाहं वेश्मनि वत्स्यामि अविमुक्तं हि मे गृहम् ॥ नाहं तत्र गमिष्यामि गच्छ देवि गृहं प्रति ॥ ६४॥ हसन्नुवाच भगवांस्त्र्यम्बकस्त्रिपुरान्तकः ॥ तस्मात्तदविमुक्तं हि प्रोक्तं देवेन वै स्वयम् ॥६५॥ एवं वाराणसी शप्ता अविमुक्तं च कीर्तितम् ॥ ६६ ॥ यस्मिन्वसति वै देवः सर्वदेवनमस्कृतः ॥ युगेषु त्रिषु धर्मात्मा सह

ही काशी जनशून्य हो गयी। इस प्रकार शाप देकर निकुम्भ शिवजीके पास लौट गया ॥ ६१ ॥ उस शापसे काशीके सभी नागरिक चारों ओर भाग गये। तब शंकर भगवानने वहाँ अपना निवासस्थान बनाया और पार्वतीजीको प्रसन्न करते हुए रहने लगे। किन्तु इससे पार्वतीजी सन्तुष्ट नहीं हुईं। प्रत्युत अनमनी-सी होकर उन्होंने कहा—देव! यहाँ आते ही पापी और पुण्यात्मा सब तरहके लोग मुक्त हो जाते हैं। इसलिए मैं इस पुरीमें नहीं रहना चाहती ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ यह सुनकर त्रिपुरनाशक भगवान त्र्यम्बकने हँसकर कहा—देवि! मैं इस अविमुक्त क्षेत्रको नहीं त्यागूँगा। तुम्हारी इच्छा हो तो पिताके घर चली जाओ, किन्तु मैं वहाँ न जाऊँगा। हे महाराज जनमेजय! महादेवने अपने श्रीमुखसे काशीको 'अविमुक्त' कहा था। इस कारण तभीसे यह नगरी अविमुक्तपुरी कहलाने लगी ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ इस प्रकार मैंने काशीके अभिशापका वृत्तान्त और इसके अविमुक्त नाम पड़नेका कारण बता दिया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ६६ ॥ सर्वदेवनमस्कृत भगवान भूतनाथ पार्वतीजीके साथ तीनों युगोंमें वहाँ निवास करते हैं, किन्तु कलियुगमें वह पुरी गुप्त हो जाती है और शिवजी भी वहाँ गुप्तरूपसे ही रहते हैं। कभी वे उस पुरीको नहीं त्यागते। पूर्वकालमें काशी जनशून्य हो गयी थी, किन्तु बादमें फिर बस गयी ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ राजा भद्रश्रेण्यका दुर्दमनामका एक पुत्र था। राजा दिवोदासने बालक समझकर दयावश उसे दयावश छोड़ दिया था ॥६९॥ आगे चलकर दुर्दम राजा हैहयका पुत्र बन गया और वैरका बदला लेते हुए उसने दिवादाससे बलपूर्वक अपने पिताका अपहृत राज्य छीन लिया ॥ ७० ॥ ७१ ॥ तदनन्तर दिवोदास पृषद्वती नगरीको चले गये। वहाँ उनके प्रतर्दन नामका एक पुत्र हुआ। प्रतर्दनने फिर दुर्दम द्वारा अवहृत राज्य अपने अधिकारमें कर लिया ॥ ७२ ॥ प्रतर्दनके वत्स और भार्ग नामके दो पुत्र हुए। वत्सका अलर्क और अलर्कका पुत्र सन्नति हुआ ॥ ७३ ॥ काशिराज अलर्क सत्यप्रतिज्ञ और ब्रह्म वेत्ता थे।

देव्या महेश्वरः ॥ ६७ ॥ अन्तर्धानं कलौ याति तत्पुरं हि महात्मनः ॥ अन्तर्हिते पुरे तस्मिन्पुरी सा वसते पुनः ॥ एवं वाराणसी शप्ता निवेशं पुनरागता ॥ ६८ ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्रो वै दुर्दमो नाम विश्रुतः ॥ दिवोदासेन बालेति घृणया स विवर्जितः ॥ ६९ ॥ हैहयस्य तु दायाद्यं कृतवान्वै महीपतिः ॥ आजह्रे पितृदायाद्यं दिवोदासहृतं बलात् ॥ ७० ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्रेण दुर्दमेन महात्मना ॥ वैरस्यान्तं महाराज क्षत्रियेण विधित्सता ॥ ७१ ॥ दिवोदासाद्दृषद्वत्या वीरो जज्ञे प्रतर्दनः ॥ तेन पुत्रेण बालेन प्रहृतं तस्य वै पुनः ॥ ७२ ॥ प्रतर्दनस्य पुत्रौ द्वौ वत्सभार्गौ बभूवतुः ॥ वत्सपुत्रो ह्यलर्कस्तु सन्नतिस्तस्य चात्मजः ॥ ७३ ॥ अलर्कः काशिराजस्तु ब्रह्मण्यः सत्यसङ्गरः ॥ अलर्कं प्रति राजर्षे श्लोको गीतः पुरातनैः ॥ ७४ ॥ षष्टिवर्षसहस्राणि षष्टिवर्षशतानि च ॥ युवा रूपेण संपन्न आसीत्काशिकुलोद्वहः ॥ ७५ ॥ लोपामुद्राप्रसादेन परमायुरवाप सः ॥ तस्यासीत्सुमहद्राज्यं रूपयौवनशालिनः ॥ शापस्यान्ते महाबाहुर्हत्वा क्षेमकराक्षसम् ॥७६॥ रम्यां निवेशयामास पुरीं वाराणसीं पुनः ॥ सन्नतेरपि दायादः सुनीथो नाम धार्मिकः ॥ ७७ ॥ सुनीथस्य तु दायादः क्षेम्यो नाम महायशाः ॥ क्षेम्यस्य केतुमान्पुत्रः सुकेतुस्तस्य चात्मजः ॥ ७८ ॥ सुकेतोस्तनयश्चापि धर्मकेतुरिति स्मृतः ॥ धर्मकेतोस्तु दायादः सत्यकेतुर्महारथः ॥ ७९ ॥ सत्यकेतुसुतश्चापि विभुर्नाम प्रजेश्वरः ॥ आनर्त्तस्तु विभोः पुत्रः सुकुमारस्तु तत्सुतः ॥८०॥ सुकुमारस्य पुत्रस्तु धृष्टकेतुः सुधार्मिकः ॥ धृष्टकेतोस्तु दायादो वेणुहोत्रः प्रजेश्वरः ॥ ८१ ॥ वेणुहोत्र-

राजर्षि अलर्कके विषयमें प्राचीन लोगोंमें यह प्रसिद्धि रही है ॥ ७४ ॥ काशीनरेशके वंशमें उत्पन्न अलर्क छाछठ हजार वर्षतक युवा थे ॥ ७५ ॥ महर्षि अगस्त्यकी पत्नी लोपामुद्राकी कृपासे उन्होंने इतनी लम्बी आयु पायी थी। यौवनसम्पन्न राजा अलर्कने बहुत कालतक राज्य करनेके बाद निकुम्भके शापका अन्त आनेपर क्षेमक नामके राक्षसको मारा और परम रमणीक काशीपुरीको फिरसे बसाया। सन्नतिके पुत्रका नाम था—सुनीथ ॥७६॥७७॥ सुनीथका महायशस्वी पुत्र क्षेम्य, क्षेम्यका पुत्र केतुमान्, केतुमान्का पुत्र सुकेतु, सुकेतुका पुत्र धर्मकेतु और धर्मकेतुका पुत्र महारथी सत्यकेतु हुआ ॥७८॥७९॥ सत्यकेतुका पुत्र राजा विभु, विभुका पुत्र आनर्त, आनर्तका पुत्र सुकुमार, सुकुमारका पुत्र असाधारण धार्मिक धृष्टकेतु और धृष्टकेतु-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

का पुत्र वेणुहोत्र हुआ ॥ ८० ॥ ८१ ॥ वेणुहोत्रका पुत्र राजा भर्ग हुआ। अलर्कके पिता वत्ससे वत्सभूमि और वत्सभूमिके पिता भार्गवसे भृगुभूमिकी उत्पत्ति हुई ॥८२॥ महर्षि अङ्गिराके ये सभी पुत्र भृगुवंशमें उत्पन्न हुए थे। वत्सभूमि और भृगुभूमिके ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य जातिके हजारों पुत्र उत्पन्न हुए। काशिराज इनके आदि पुरुष थे। अब मैं राजा नहुषका वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ८३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

(राजा ययातिके वंशका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे राजन्! पितृकन्या विरजाके गर्भसे नहुषने यति, ययाति, संयाति, भव, आयाति और सुयाति नामके इन्द्रतुल्य तेजस्वी और बड़े ही पराक्रमी छ पुत्र उत्पन्न हुए ॥ १ ॥ उन पुत्रोंमें यति सबसे ज्येष्ठ और ययाति मझले भाई थे ॥ २ ॥ गोनामकी ककुत्स्थकन्याके साथ उनका विवाह हुआ था। मुनि-

सुतश्चापि भर्गो नाम प्रजेश्वरः ॥ वत्सस्य वत्सभूमिस्तु भृगुभूमिस्तु भार्गवात् ॥ ८२ ॥ एते ह्यङ्गिरसः पुत्रा जाता वंशेऽथ भार्गवे ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्यास्तयोः पुत्राः सहस्रशः ॥ इत्येते काशयः प्रोक्ता नहुषस्य निबोध मे ॥८३॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥२९॥

वैशम्पायन उवाच ॥ उत्पन्नाः पितृकन्यायां विरजायां महौजसः ॥ नहुषस्य तु दायादाः षडिन्द्रोपमतेजसः ॥ १ ॥ यतिर्ययातिः संयातिरायातिः पाञ्चिको भवः ॥ सुयातिः षष्ठस्तेषां वै ययातिः पार्थिवोऽभवत् ॥ यतिर्ज्येष्ठस्तु तेषां वै ययातिस्तु ततः परम् ॥ २ ॥ काकुत्स्थकन्यां गां नाम लेभे परमधार्मिकः ॥ यतिस्तु मोक्षमास्थाय ब्रह्मभूतोऽभवन्मुनिः ॥ ३ ॥ तेषां ययातिः पञ्चानां विजित्य वसुधामिमाम् ॥ देवयानीमुशनसः सुतां भार्यामवाप सः ॥ शर्मिष्ठामासुरीं चैव तनयां वृषपर्वणः ॥ ४ ॥ यदुं च तुर्वसुं चैव देवयानी व्यजायत ॥ द्रुह्युं चानुं च पूरुं च शर्मिष्ठा वार्षपर्वणी ॥ ५ ॥ तस्मै शक्रो ददौ प्रीतो रथं परमभास्वरम् ॥ असङ्गं काञ्चनं दिव्यं दिव्यैः परमवाजिभिः ॥ ६ ॥ युक्तं मनोजवैः शुभ्रैर्येन भार्यामुवाह सः ॥ स तेन रथमुख्येन षड्रात्रेणाजयन्महीम् ॥ ययातिर्युधि दुर्द्धर्षस्तथा देवान्सवासवान् ॥ ७ ॥ स रथः पौरवाणां तु सर्वेषामभवत्तदा ॥ यावत्तु वसुनाम्नो वै कौरवाज्जनमेजयः ॥ ८ ॥ कुरोः पुत्रस्य राजेन्द्र राज्ञः पारीक्षितस्य ह ॥ जगाम स रथो नाशं शापाद्गार्ग्यस्य धीमतः ॥ ९ ॥ गार्ग्यस्य हि सुतं बालं स राजा जनमेजयः ॥ वाक्शूरं हिंसयामास ब्रह्महत्यामवाप सः ॥ १० ॥ स लोहगन्धी राजर्षिः परिधा-

व्रतावलम्बी यति मोक्षमार्गका अवलम्बन करके ब्रह्ममें मिल गये। बाकी पाँच भाइयोंमें ययातिने पृथिवीको जीतकर राजपद प्राप्त किया। शुक्राचार्यकी पुत्री देवयानी एवं वृषपर्वाकी कन्या शर्मिष्ठा ये दोनों राजा ययातिकी पत्नियाँ थीं ॥ ३ ॥ ४ ॥ उनमें देवयानीसे यदु और तुर्वसु तथा शर्मिष्ठासे द्रुह्यु, अनु और पूरु उत्पन्न हुए ॥ ५ ॥ देवराज इन्द्रने प्रसन्न होकर राजा ययातिको एक अतिशय देदीप्यमान स्वर्णरथ दिया था, जिसमें बड़े अच्छे, सर्वत्र गतिशील और मनके समान द्रुतगामी घोड़े जुते थे। उस दिव्य रथकी सहायतासे उन्होंने छ दिनमें समस्त भूलोक तथा इन्द्र समेत स्वर्गलोकके देवताओंको जीत लिया ॥ ६ ॥ ७ ॥ वह रथ पुरुषपरम्पराके अनुसार प्रायः सभी पुरुवंशी राजाओंके अधिकारमें रहा। आपके नामराशि कुरुवंशमें उत्पन्न राजा जनमेजयके समयसे वह लुप्त हो गया। उसने एक दिन गर्ग मुनिके एक कटुभाषी एवं मुँहलगे बालकको मार डाला, जिससे उसे ब्रह्महत्याका पाप लग

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गया ॥ ८-१० ॥ इससे क्रुद्ध होकर गर्गने उसको शाप दे दिया। उस शापके प्रभावसे राजर्षि जनमेजय रथहीन तथा लौहगन्धी (पतित) होकर इधर-उधर घूमने लगा। उसको सभी पुरवासियों और जनपदवासियोंने त्याग दिया। इस दुःखसे उसे कहीं भी शान्ति नहीं मिल रही थी। अन्तमें उसने इन्द्रोत नामके विप्रर्षि शौनककी शरण ली ॥ ११ ॥ १२ ॥ द्विजवर शौनकने उसे पवित्र करनेके लिए उसकेद्वारा अश्वमेध यज्ञ कराया ॥ १३ ॥ उस यज्ञके अन्तमें अवभृथ स्नान करते ही जनमेजयका लोहगन्ध दूर हो गया। उसी समय इन्द्रने प्रसन्न होकर वह दिव्य रथ वसुको दिया और वसुने उसे बृहद्रथको दे दिया ॥ १४ ॥ बृहद्रथके बाद उस रथपर उसके पुत्रने अधिकार किया। बादमें बृहद्वंशी राजा जरासन्धको मारकर भीमने वह रथ श्रीकृष्ण भगवानको अर्पण कर दिया। राजा ययातिने सप्तद्वीपवती वसुन्धराको जीतकर उसके पाँच भाग किये। उन पाँचों भागोंमेंसे दक्षिण-पूर्व दिशा तुर्वसुको, पश्चिम दिशा

वर्जितस्ततः ॥ पौरजानपदैस्त्यक्तो न लेभे शर्म कर्हिचित् ॥ ११ ॥ ततः स दुःखसंतप्तो नालभत्संविदं क्वचित् ॥ इन्द्रोतः शौनकं राजा शरणं प्रत्यपद्यत ॥ १२ ॥ याजयामास चेन्द्रोतः शौनको जनमेजयम् ॥ अश्वमेधे नराजानं पावनार्थं द्विजोत्तमः ॥ १३ ॥ स लोहगन्धो व्यनशत्तस्याव-भृथमेत्य ह ॥ स च दिव्यो रथो राजन्वसोश्चेदिपतेस्तदा ॥ दत्तः शक्रेण तुष्टेन लेभे तस्माद्बृहद्रथः ॥ १४ ॥ बृहद्रथात्क्रमेणैव गतो बार्हद्रथं नृपम् ॥ ततो हत्वा जरासंधं भीमस्तं रथमुत्तमम् ॥ १५ ॥ प्रददौ वासुदेवाय प्रीत्या कौरवनन्दनः ॥ सप्तद्वीपां ययातिस्तु जित्वा पृथ्वीं ससागराम् ॥ १६ ॥ व्यभजत्पंचधा राजन्पुत्राणां नाहुषस्तदा ॥ दिशि दक्षिणपूर्वस्यां तुर्वसुं मतिमान्नृपः ॥ १७ ॥ प्रतीच्यामुत्तरस्यां च द्रुह्युं चानुं च नाहुषः ॥ दिशि पूर्वोत्तरस्यां वै यदुं ज्येष्ठं न्ययोजयत् ॥ १८ ॥ मध्ये पूरुं च राजानमभ्यषिञ्चत नाहुषः ॥ तैरियं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा सपत्तना ॥ १९ ॥ यथाप्रदेशमद्यापि धर्मेण प्रतिपाल्यते ॥ प्रजास्तेषां पुरस्तात्तु वक्ष्यामि नृपसत्तम ॥ २० ॥ धनुर्न्यस्य पृषत्कांश्च पंचभिः [illegible]र्षभैः ॥ जरावानभवद्राजा भारमावेश्य बन्धुषु ॥ निःक्षिप्तशस्त्रः पृथ्वीं निरीक्ष्य पृथिवीपतिः ॥२१॥ प्रीतिमानभवद्राजा ययातिरपराजितः ॥ एवं विभज्य पृथिवीं ययातिर्यदुमब्रवीत् ॥ २२ ॥ जरां मे प्रतिगृह्णीष्व पुत्र कृत्यान्तरेण वै ॥ तरुणस्तव रूपेण चरेयं पृथिवीमिमाम् ॥ जरां त्वयि समाधाय तं यदुः प्रत्युवाच ह ॥ २३ ॥ अनिर्दिष्टा मया भिक्षा ब्राह्मणस्य प्रतिश्रुता ॥ अनपाकृत्य तां राजन्न ग्रहीष्यामि ते जराम् ॥ २४ ॥ जरायां

द्रुह्युको, उत्तर दिशा अणुको, पूर्वोत्तर दिशा ज्येष्ठ पुत्र यदुको और मध्य भाग पूरुको दे दिया। राजा ययातिके पुत्र आज भी ग्राम-नगर आदिसे सुशोभित सप्तद्वीपवती वसुन्धराका धर्मानुसार परिपालन कर रहे हैं। हे नृपवर! उपर्युक्त महापुरुषोंके पुत्रोंका वृत्तान्त आगे चलकर बताऊँगा ॥१५-२०॥ इस प्रकार पाँच पुत्रोंसे कृतकृत्य राजा ययातिने धनुष-बाण त्यागकर राज्यका भार पुत्रोंको सौंप दिया ॥ २१ ॥ शस्त्रत्यागके बाद महाराज ययातिने पृथिवीका पर्यवेक्षण किया तो बहुत प्रसन्न हुए। पृथिवीका विभाजन करनेके बाद राजा ययातिने अपने बड़े पुत्र यदुसे कहा—॥ २२ ॥ पुत्र! मैं वृद्ध हो गया हूँ। सो तुम मेरी वृद्धावस्था ले लो और अपनी जवानी मुझे देदो। जिससे मैं तरुण होकर पृथिवीपर भ्रमण कर सकूँ ॥ २३ ॥ यदुने कहा—एक ब्राह्मणने मुझसे भिक्षा माँगी है। किन्तु उसने किसी वस्तुका नाम नहीं बताया। मैं उसकी अभीष्ट वस्तु देनेका वादा कर चुका हूँ। अतएव उस ब्राह्मणकी इच्छा पूर्ण किये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विना मैं आपकी वृद्धावस्था नहीं ले सकता ॥ २४ ॥ और फिर वृद्धावस्थामें अन्न-जलसम्बन्धी अनेक दोष हैं। इसलिए मैं आपकी बुढ़ौती नहीं लेना चाहता ॥ २५ ॥ मुझसे अधिक प्रिय आपके अनेक पुत्र हैं। अतएव बुढ़ापा देनेके लिए उनमेंसे किसी एकको चुन लीजिए ॥२६॥ यदुकी बात सुनकर महाराज ययाति क्रुद्ध हो गये और उन्होंने उसको धिक्कारते हुए कहा—॥ २७ ॥ हे दुर्बुद्धे! मैं तुम्हारा पिता हूँ। ऐसी दशामें मेरी आज्ञाका उल्लंघन करके तुम्हारे लिए कौन-सा धर्म या कौन-सा आश्रम है, जो मुझसे भी श्रेष्ठ है? ॥ २८ ॥ ऐसा कहकर उन्होंने यदुको शाप देते हुए कहा—अरे मूढ़! तूने मेरी आज्ञाका उल्लंघन किया है। इसलिए तेरे सभी वंशज राज्यहीन होंगे ॥ २९ ॥ हे राजा जनमेजय! इसके बाद महाराज ययातिने तुर्वसु, द्रुह्यु तथा अणुसे बुढ़ती लेनेका अनुरोध किया, किन्तु उनमेंसे भी कोई सहमत नहीं हुआ। उन्होंने उनको जो शाप दिया, वह मैं पहले ही बता चुका हूँ ॥ ३० ॥ ३१ ॥

बहवो दोषाः पानभोजनकारिताः ॥ तस्माज्जरां न ते राजन्ग्रहीतुमहमुत्सहे ॥ २५ ॥ सन्ति ते बहवः पुत्रा मत्तः प्रियतरा नृप ॥ प्रतिग्रहीतुं धर्मज्ञ पुत्रमन्यं वृणीष्व वै ॥ २६ ॥ स एवमुक्तो यदुना राजा कोपसमन्वितः ॥ उवाच वदतां श्रेष्ठो ययातिर्गर्हयन्सुतम् ॥ २७ ॥ क आश्रमस्तवान्योऽस्ति को वा धर्मो विधीयते ॥ मामनादृत्य दुर्बुद्धे यदहं तव देशिकः ॥ २८ ॥ एवमुक्त्वा यदुं तातः शशापैनं स मन्युमान् ॥ अराज्या ते प्रजा मूढ भवित्रीति नराधम ॥ २९ ॥ स तुर्वसुं च द्रुह्युं चाप्यनुं च भरतर्षभ ॥ एवमेवाब्रवीद्राजा प्रत्याख्यातश्च तैरपि ॥ ३० ॥ शशाप ताननतिक्रुद्धो ययातिरपराजितः ॥ यथा ते कथितं पूर्वं मया राजर्षिसत्तम ॥ ३१ ॥ एवं शप्त्वा सुतान्सर्वांश्चतुरः पूरुपूर्वजान् ॥ तदेव वचनं राजा पूरुमप्याह भारत ॥ ३२ ॥ तरुणस्तव रूपेण चरेयं पृथिवीमिमाम् ॥ जरां त्वयि समाधाय त्वं पूरो यदि मन्यसे ॥ ३३ ॥ स जरां प्रतिजग्राह पितुः पूरुः प्रतापवान् ॥ ययातिरपि रूपेण पूरोः पर्यचरन्महीम् ॥ ३४ ॥ स मार्गमाणः कामानामन्तं भरतसत्तम ॥ विश्वाच्या सहितो रेमे वने चैत्ररथे प्रभुः ॥ ३५ ॥ यदाऽवितृष्णः कामानां भोगेषु स नराधिपः ॥ तदा पूरोः सकाशाद्वै स्वां जरां प्रत्यपद्यत ॥ ३६ ॥ तत्र गाथा महाराज शृणु गीता ययातिना ॥ याभिः प्रत्याहरेत्कामान्सर्वतोऽङ्गानि कूर्मवत् ॥ ३७ ॥ न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ॥ हविषा कृष्णवर्त्मेव

इस प्रकार अपने चार पुत्रोंको शाप देनेके बाद राजा ययातिने पाँचवें पुत्र पूरुसे कहा—पुत्र! यदि तुम मेरी बात मान लो तो अपना बुढ़ापा तुम्हें दे दूँ और तुम्हारी तरुणाई लेकर मैं राज्यभोग करूँ ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ प्रतापवान् पुत्र पूरुने पिताकी आज्ञा शिरोधार्य करके उनकी वृद्धावस्था ले ली। ययाति भी पूरुका रूप-यौवन लेकर राज्यसुख भोगने लगे ॥ ३४ ॥ हे भरतसत्तम! अपनी वासना पूर्ण करनेके लिए राजा ययातिने विश्वाची अप्सराको साथ लेकर चैत्ररथ वनमें विहार किया ॥ ३५ ॥ बादमें जब उन्होंने देखा कि वासना और भोगका कभी भी अन्त नहीं होता, तब पूरुके पास जाकर फिर अपनी बुढ़ौती लौटा ली ॥ ३६ ॥ उस समय उन्होंने जो गीत गाये थे, वह बता रहा हूँ, सुनो। इन गीतोंको सुननेसे मनुष्यकी वासनायें उसी तरह संकुचित हो जाती हैं, जैसे कछुएके अवयव संकुचित हो जाते हैं ॥ ३७ ॥ उन्होंने कहा—भोगके द्वारा विषयतृष्णा कभी भी शान्त नहीं होती, बल्कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Fuhding IKS-MoE-Grant-2

जैसे घी पाकर अग्नि भभक उठती है, वैसे ही भोगसे वासना और भी बढ़ जाती है ॥ ३८ ॥ पृथिवीपर जितना जौ, धान्य, सोना, पशु और स्त्रियाँ हैं, वे सब यदि एक मनुष्यको दे दी जायँ तो भी वह तृप्त न होगा। इस बातको ध्यानपूर्वक सोचनेवाला मनुष्य मोहमें नहीं पड़ता ॥ ३९ ॥ जब मनुष्य मनसा, वाचा, कर्मणा किसीके प्रति कोई पापभावना नहीं रखता तो उसे ब्रह्मकी प्राप्ति हो जाती है ॥ ४० ॥ जो मनुष्य न किसीसे डरता है और न उससे कोई अन्य प्राणी डरता है, जब वह न किसीकी चाह करता और न किसीसे द्वेष करता है तो उसे ब्रह्म प्राप्त हो जाता है ॥ ४१ ॥ दुरात्मा जिसका परित्याग नहीं कर सकता, स्वयं जीर्ण हो जानेपर भी जो जीर्ण नहीं होती, जो प्राणान्त तक स्थायी रोगस्वरूप है, उस तृष्णाको जो त्याग सकता है, वही यथार्थ सुखी है ॥ ४२ ॥ मनुष्यके जीर्ण (वृद्ध) होनेपर उसके केश और दाँत सब जीर्ण हो जाते हैं, किन्तु जीवन और धनकी आशा कभी भी जीर्ण नहीं

भूय एवाभिवर्धते ॥ ३८ ॥ यत्पृथिव्यां व्रीहियवं हिरण्यं पशवः स्त्रियः ॥ नालमेकस्य तत्सर्वमिति पश्यन्न मुह्यति ॥ ३९ ॥ यदा भावं न कुरुते सर्वभूतेषु पापकम् ॥ कर्मणा मनसा वाचा ब्रह्म संपद्यते तदा ॥ ४० ॥ यदाऽन्येभ्यो न बिभ्येत यदा चास्मान्न बिभ्यति ॥ यदा नेच्छति न द्वेष्टि ब्रह्म संपद्यते तदा ॥ ४१ ॥ या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यतः ॥ योऽसौ प्राणान्तिको रोगस्तां तृष्णां त्यजतः सुखम् ॥ ४२ ॥ जीर्यन्ति जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः ॥ जीविताशा धनाशा च जीर्यतोऽपि न जीर्यति ॥ ४३ ॥ यच्च कामसुखं लोके यच्च दिव्यं महत्सुखम् ॥ तृष्णाक्षयसुखस्यैते नार्हतः षोडशीं कलाम् ॥ ४४ ॥ एवमुक्त्वा स राजर्षिः सदारः प्राविशद्वनम् ॥ कालेन महता वाऽपि चचार विपुलं तपः ॥ ४५ ॥ भृगुतुङ्गे तपस्तप्त्वा तपसोऽन्ते महातपाः ॥ अनश्नन्देहमुत्सृज्य सदारः स्वर्गमाप्तवान् ॥ ४६ ॥ तस्य वंशे महाराज पंच राजर्षिसत्तमाः ॥ यैर्व्याप्ता पृथिवी सर्वा सूर्यस्येव गभस्तिभिः ॥ ४७ ॥ यदोस्तु शृणु राजर्षेर्वंशं राजर्षिसत्कृतम् ॥ यत्र नारायणो जज्ञे हरिर्वृष्णिकुलोद्वहः ॥ ४८ ॥ धन्यः प्रजावानायुष्मान्कीर्तिमांश्च भवेन्नरः ॥ ययातेश्चरितं पुण्यं पठञ्छृण्वन्नराधिप ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि ययातिचरिते त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३२ ॥

होती ॥ ४३ ॥ इस संसारमें जिसे भोगसुख अथवा अत्युत्कृष्ट सुख कहा जाता है, उस सुखकी तृष्णाक्षयजनित सुखसे तुलना की जाय तो भोगसुख उसके षोडशांशकी भी बराबरी नहीं कर सकेगा ॥ ४४ ॥ ऐसा कहकर राजर्षि ययाति अपनी पत्नीके साथ वनको चले गये और पर्वतके एक उत्तुङ्ग शिखरपर बहुत दिनों तक तप करते रहे। तपस्या शेष होनेपर दोनों प्राणी अनशन द्वारा देह त्यागकर स्वर्गधामको चले गये॥ ४५ ॥ ४६ ॥ राजा ययातिके कुलमें पाँच ऐसे राजर्षि हो गये हैं, जो सूर्यकी रश्मियोंके समान सारी पृथिवीमें व्याप्त थे ॥ ४७ ॥ अब मैं राजर्षि यदुके वंशका इतिहास बता रहा हूँ। इसी वंशमें वृष्णिकुलावतंस भगवान कृष्ण अवतीर्ण हुए थे ॥ ४८ ॥ इस अतिशय पवित्र ययातिचरितका अध्ययन तथा श्रवण करनेवाले लोग आयुष्मान्, कीर्तिमान्, प्रजावान् तथा शरीरसे स्वस्थ रहते हैं ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टादशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(कुक्षेयुके वंशका इतिहास) जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! मैं वृष्णिवंशवर्णनके प्रसंगमें द्रुह्यु, अनु, यदु, तुर्वसु और विशेष करके अपने पूर्वपुरुष पूरुके वंशका वृत्तान्त अलग-अलग सुनना चाहता हूँ । कृपया आप विस्तारके साथ यह इतिहास सुनाइए ॥ १ ॥ २ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज ! अब आप द्रुह्यु, अनु, यदु, तुर्वसु तथा उत्तम पुरुषार्थ-सम्पन्न पूरुवंशका इतिहास सुनिए, जिसमें आपका जन्म हुआ है ॥ ३ ॥ ४ ॥ महात्मा पूरुके प्रचिन्वान् नामका एक महाबली पुत्र उत्पन्न हुआ । इसीने प्राची दिशापर विजय प्राप्त की ॥ ५ ॥ प्रचिन्वान्का पुत्र प्रवीर, प्रवीरका पुत्र मनस्यु, मनस्युका पुत्र अभयद, अभयदका पुत्र सुधन्वा, सुधन्वाका पुत्र बहुगव और बहुगवका पुत्र शम्याति हुआ ॥ ६ ॥ ७ ॥

जनमेजय उवाच ॥ पूरोर्वंशमहं ब्रह्मञ्छ्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ द्रुह्योश्चानोर्यदोश्चैव तुर्वसोश्च पृथक्पृथक् ॥ १ ॥ वृष्णिवंशप्रसंगेन स्वं वंशं पूर्वमेव तु ॥ विस्तरेणानुपूर्व्या च तद्भवान्वक्तुमर्हति ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु पूरोर्महाराज वंशमुत्तमपौरुषम् ॥ विस्तरेणानुपूर्व्या च यत्र जातोऽसि पार्थिव ॥ ३ ॥ हंत ते कीर्तयिष्यामि पूरोर्वंशमनुत्तमम् ॥ द्रुह्योश्चानोर्यदोश्चैव तुर्वसोश्च नराधिप ॥ ४ ॥ पूरोः पुत्रो महावीर्यो राजाऽऽसीज्जनमेजयः ॥ प्रचिन्वांस्तु सुतस्तस्य यः प्राचीमजयद्दिशम् ॥ ५ ॥ प्रचिन्वतः प्रवीरोऽभून्मनस्युस्तस्य चात्मजः ॥ राजा चाभयदो नाम मनस्योरभवत्सुतः ॥ ६ ॥ तथैवाभयदस्यासीत्सुधन्वा तु महीपतिः ॥ सुधन्वनो बहुगवः शम्यातिस्तस्य चात्मजः ॥ ७ ॥ शम्यातेस्तु रहस्याती रौद्राश्वस्तस्य चात्मजः ॥ रौद्राश्वस्य घृताच्यां वै दशाप्सरसि सूनवः ॥ ८ ॥ ऋचेयुः प्रथमस्तेषां कृकणेयुस्तथैव च ॥ कक्षेयुः स्थण्डिलेयुश्च सन्नतेयुस्तथैव च ॥ ९ ॥ दशार्णेयुर्जलेयुश्च स्थलेयुश्च महायशाः ॥ धनेयुश्च वनेयुश्च पुत्रिकाश्च दश स्त्रियः ॥ १० ॥ रुद्रा शूद्रा च भद्रा च मलदा मलहा तथा ॥ खलदा चैव राजेन्द्र नलदा सुरसाऽपि च ॥ तथा गोचपला तु स्त्रीरत्नकूटाश्च ता दश ॥ ११ ॥ ऋषिर्जातोऽत्रिवंशे तु तासां भर्ता प्रभाकरः ॥ रुद्रायां जनयामास सुतं सोमं यशस्विनम् ॥ १२ ॥ स्वर्भानुना हते सूर्ये पतमाने दिवो महीम् ॥ तमोऽभिभूते लोके च प्रभा येन प्रकल्पिता ॥ १३ ॥ स्वस्ति तेऽस्त्विति चोक्तो वै पतमानो दिवाकरः ॥ वचनात्तस्य विप्रर्षेर्न पपात दिवो महीम् ॥ १४ ॥ अत्रिश्रेष्ठानि गोत्राणि यश्चकार महातपाः ॥ यज्ञेष्वत्रेर्धनं चैव सुरैर्यस्य प्रवर्तितम् ॥ १५ ॥ स तासु जनयामास पुत्रिकासु सनामकान् ॥ दश पुत्रान्महात्मा

शम्यातिके पुत्र रहस्याति, रहस्यातिके पुत्र रौद्राश्व एवं घृताची अप्सरासे ऋचेयु, कृकणेयु, कक्षेयु, स्थण्डिलेयु, सन्नतेयु, दशार्णेयु, जलेयु, स्थलेयु, वलेयु और धनेयु ये दस पुत्र उत्पन्न हुए और दस ही कन्यायें भी हुईं ॥ ८–१० ॥ उन कन्याओंके नाम थे—रुद्रा, शूद्रा, भद्रा, मदला, मलहा, खलदा, नलदा, सुरसा और गोचपला । ये सभी कन्यायें रूपवती स्त्रियोंमें सिरमौर थीं ॥ ११ ॥ अत्रिकुलोत्पन्न ऋषिवर प्रभाकर इनके पति थे । उन्होंने रुद्रासे यशस्वी पुत्र सोमको उत्पन्न किया ॥ १२ ॥ जब राहुने सूर्यको मारा और वे पृथिवीपर गिरने लगे तो सारे संसारमें अन्धकार छा गया । तब प्रभाको उत्पन्न करनेवाले ऋषिवर अत्रिके—'तुम्हें शान्ति मिले' यह कहते ही सूर्यदेव आकाशमें रुक गये ॥ १३ ॥ १४ ॥ ये महातपस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अत्रिगोत्रके प्रवर्तक थे। देवताओंने यज्ञमें इनके लिए भी यज्ञभाग नियत किया था ॥ १५ ॥ उन कन्याओंसे इनके द्वारा दस महाबली और तपस्वी पुत्र उत्पन्न हुए। वे दसों पितृनामसे प्रसिद्ध थे ॥ १६ ॥ वे वेदपारदर्शी, गोत्रप्रवर्तक और स्वस्त्यात्रिके नामसे विख्यात थे। किन्तु महर्षि अत्रिके समान यज्ञभागके अधिकारी नहीं थे ॥ १७ ॥ कक्षेयुके तीन महारथी पुत्र थे—सभानर, चाक्षुष और परमन्यु ॥ १८ ॥ सभानरका विद्वान् पुत्र कालानल, कालानलका धर्मात्मा पुत्र सृञ्जय, सृञ्जयका पुत्र पुरञ्जय, पुरञ्जयका पुत्र जनमेजय और राजर्षि जनमेजयका वेदविख्यात, प्रतिष्ठित तथा यशस्वी पुत्र महाशाल हुआ ॥ १९–२१ ॥ महाशालका पुत्र महामना हुआ, जो असाधारण वीर, देवपूजित तथा महायशस्वी था ॥ २२ ॥ हे भारत! महामनाने धर्मात्मा उशीनर और महाबली तितिक्षु ये दो पुत्र उत्पन्न किये ॥ २३ ॥ उशीनरकी बड़े-बड़े राजर्षियोंके कुलमें उत्पन्न पाँच पत्नियें थीं। जिनके नाम थे—

स तपस्युग्रे रतान्सदा ॥ १६ ॥ ते तु गोत्रकरा राजन्नृषयो वेदपारगाः ॥ स्वस्त्यात्रेया इति ख्याताः किंत्वत्रिधनवर्जिताः ॥ १७ ॥ कक्षेयोस्तनयाश्चासंस्त्रय एव महारथाः ॥ सभानरश्चाक्षुषश्च परमन्युस्तथैव च ॥ १८ ॥ सभानरस्य पुत्रस्तु विद्वान्कालानलो नृपः ॥ कालानलस्य धर्मज्ञः सृञ्जयो नाम वै सुतः ॥ १९ ॥ सृञ्जयस्याभवत्पुत्रो वीरो राजा पुरञ्जयः ॥ जनमेजयो महाराज पुरञ्जयसुतोऽभवत् ॥ २० ॥ जनमेजयस्य राजर्षेर्महाशालोऽभवत्सुतः ॥ वेदेषु स परिज्ञातः प्रतिष्ठितयशा भुवि ॥ २१ ॥ महामना नाम सुतो महाशालस्य धार्मिकः ॥ जज्ञे वीरः सुरगणैः पूजितः सुमहायशाः ॥ २२ ॥ महामनास्तु पुत्रौ द्वौ जनयामास भारत ॥ उशीनरं च धर्मज्ञं तितिक्षुं च महाबलम् ॥ २३ ॥ उशीनरस्य पत्न्यस्तु पञ्च राजर्षिवंशजाः ॥ नृगा कृमी नवा दर्वा पञ्चमी च दृषद्वती ॥ २४ ॥ उशीनरस्य पुत्रास्तु पंच तासु कुलोद्वहाः ॥ तपसा वै सुमहता जाता वृद्धस्य भारत ॥ २५ ॥ नृगायास्तु नृगः पुत्रः कृम्यां कृमिरजायत ॥ नवायास्तु नवः पुत्रो दर्वायाः सुव्रतोऽभवत् ॥ २६ ॥ दृषद्वत्यास्तु संजज्ञे शिबिरौशीनरो नृपः ॥ शिबेस्तु शिबयस्तात यौधेयास्तु नृगस्य ह ॥ २७ ॥ नवस्य नवराष्ट्रं तु कृमेस्तु कृमिला पुरी ॥ सुव्रतस्य तथाऽम्बष्ठा शिबिपुत्रान्निबोध मे ॥ २८ ॥ शिबेश्च पुत्राश्चत्वारो वीरास्त्रैलोक्यविश्रुताः ॥ वृषदर्भः सुवीरश्च मद्रकः कैकयस्तथा ॥ २९ ॥ तेषां जनपदाः स्फीताः केकया मद्रकास्तथा ॥ वृषदर्भाः सुवीराश्च तितिक्षोस्तु प्रजाः शृणु ॥ ३० ॥ तैतिक्षवोऽभवद्राजा पूर्वस्यां दिशि भारत ॥

नृगा, कृमी, नवा, दर्वा और दृषद्वती ॥ २४ ॥ राजा उशीनरकी उन पत्नियोंसे कुलकी कीर्ति बढ़ानेवाले पाँच पुत्र उत्पन्न हुए ॥ २५ ॥ जिनमें—नृगासे नृग, कृमीसे कृमि, नवासे नव, दर्वासे सुव्रत और दृषद्वतीसे शिबिकी उत्पत्ति हुई। शिबिके पुत्र शिबय और नृगके पुत्र यौधेय नामसे विख्यात हुए ॥२६॥२७॥ नवकी राजधानी नवराष्ट्र, कृमिकी कृमिलापुरी तथा सुव्रतकी राजधानीका नाम अम्बष्ठा था। अब शिबिके पुत्रोंका नाम सुनिए ॥ २८ ॥ शिबिके वृषदर्भ, सुवीर, मद्रक और केकय ये चार पुत्र थे ॥ २९ ॥ उनकी सुसमृद्ध राजधानीके नाम भी इन्हींके नामानुसार थे। अब तितिक्षुकी वंशावलीका वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए ॥ ३० ॥ तितिक्षुका महाबाहु पुत्र उषद्रथ था। उसने पूर्वदिशामें अपना राज्य स्थापित किया।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपद्रथके पुत्रका नाम था—फेन ॥ ३१ ॥ फेनका पुत्र सुतपा और सुतपाका पुत्र बलि हुआ। कांचनतूणीरधारी राजा बलि पूर्वजन्ममें महायोगी थे। उन्होंने वंश बढ़ानेवाले पाँच पुत्र उत्पन्न किये ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ उन पुत्रोंके नाम थे—अङ्ग, बङ्ग, सुह्म, पुण्ड्र और कलिङ्ग ॥३४॥ ये सभी पुत्र जन्मसे बालेय क्षत्रिय थे, किन्तु बादमें उन्होंने ब्राह्मणत्व प्राप्त कर लिया था। लोकपितामह ब्रह्माने प्रसन्न होकर राजा बलिको यह वर दिया था कि तुम महायोगित्व, कल्पपर्यन्तकी आयु, युद्धमें विजय, धर्ममें प्रधानता, पूरी त्रिलोकीकी परिदर्शनता, प्रसवमें प्रधानता, बलमें अप्रत्यनीकता और धर्मतत्त्वकी दार्शनिकता प्राप्त करके चार वर्णोंकी स्थापना करोगे। ब्रह्माजीके यह वर देनेपर राजा बलिको परम शान्ति प्राप्त हुई ॥ ३५–३८ ॥ उनके सभी पुत्र सुदेष्णाके क्षेत्रसे एक ऋषि द्वारा उत्पन्न हुए थे। अतएव वे क्षेत्रज कहे जाते थे ॥ ३९ ॥ उन्होंने इन पुत्रोंको राज्यपदपर अभिषिक्त कर दिया और स्वयं अपनेको कृतकृत्य मानते

उपद्रथो महाबाहुस्तस्य फेनः सुतोऽभवत् ॥ ३१ ॥ फेनात्तु सुतपा जज्ञे सुतः सुतपसो बलिः ॥ जातो मानुषयोनौ तु स राजा कांचनेषुधिः ॥ ३२ ॥ महायोगी स तु बलिर्बभूव नृपतिः पुरा ॥ पुत्रानुत्पादयामास पञ्च वंशकरान्भुवि ॥ ३३ ॥ अङ्गः प्रथमतो जज्ञे बङ्गः सुह्मस्तथैव च ॥ पुण्ड्रः कलिङ्गश्च तथा बालेयं क्षत्रमुच्यते ॥ ३४ ॥ बालेया ब्राह्मणाश्चैव तस्य वंशकरा भुवि ॥ बलेस्तु ब्रह्मणा दत्ता वराः प्रीतेन भारत ॥ ३५ ॥ महायोगित्वमायुश्च कल्पस्य परिमाणतः ॥ संग्रामे वाऽप्यजेयत्वं धर्मे चैव प्रधानता ॥ ३६ ॥ त्रैलोक्यदर्शनं चैव प्राधान्यं प्रसवे तथा ॥ बले चाप्रतिमत्वं वै धर्मतत्त्वार्थदर्शनम् ॥ ३७ ॥ चतुरो नियतान्वर्णांस्त्वं च स्थापयिता भुवि ॥ इत्युक्तो विभुना राजा बलिः शान्तिं परां ययौ ॥ ३८ ॥ तस्य ते तनयाः सर्वे क्षेत्रजा मुनिपुङ्गवाः ॥ संभूता दीर्घतपसो सुदेष्णायां महौजसः ॥ ३९ ॥ बलिस्तानभिषिच्येह पञ्च पुत्रानकल्मषान् ॥ कृतार्थः सोऽपि योगात्मा योगमाश्रित्य स प्रभुः ॥ ४० ॥ अधृष्यः सर्वभूतानां कालापेक्षी चरन्नपि ॥ कालेन महता राजन्स्वं च स्थानमुपागमत् ॥ ४१ ॥ तेषां जनपदाः पञ्च अङ्गा बङ्गाः ससुह्मकाः ॥ कलिङ्गाः पुण्ड्रकाश्चैव प्रजास्त्वङ्गस्य मे शृणु ॥ ४२ ॥ अङ्गपुत्रो महानासीद्राजेन्द्रो दधिवाहनः ॥ दधिवाहनपुत्रस्तु राजा दिविरथोऽभवत् ॥ ४३ ॥ पुत्रो दिविरथस्यासीच्छक्रतुल्यपराक्रमः ॥ विद्वान्धर्मरथो नाम तस्य चित्ररथः सुतः ॥ ४४ ॥ तेन चित्ररथेनाथ तदा विष्णुपदे गिरौ ॥ यजता सह शक्रेण सोमः पीतो महात्मना ॥ ४५ ॥ अथ चित्ररथस्यापि पुत्रो दशरथोऽभवत् ॥ लोमपाद इति ख्यातो यस्य शान्ता सुताऽभवत् ॥ ४६ ॥ तस्य दाशरथिर्वीरश्चतुरङ्गो महायशाः ॥ ऋष्यशृङ्गप्रसादेन जज्ञे कुल-

हुए योगपथका अनुसरण किया ॥ ४० ॥ कोई भी जीव उनकी ओर नहीं ताक सकता था। कुछ समयकी प्रतीक्षा करके वे योगसाधनमें प्रवृत्त हो गये और बहुत दिनों बाद उन्होंने पुनः अपना स्थान (योगिपद) प्राप्त कर लिया ॥ ४१ ॥ उनके पाँचों पुत्रोंके राज्य अङ्ग, बङ्ग, कलिङ्ग, सुह्मक और पुण्ड्रक नामसे विख्यात थे ॥ ४२ ॥ हे राजन्! अब मैं अङ्गकी वंशावली बता रहा हूँ, सुनिए। अङ्गका पुत्र महाराज दधिवाहन, दधिवाहनका पुत्र राजा दिविरथ, दिविरथका इन्द्रतुल्य पराक्रमी और विद्वान् पुत्र धर्मरथ और धर्मरथका पुत्र चित्ररथ हुआ। चित्ररथने विष्णुपद पर्वतपर यज्ञ किया और उसमें सोमरस पान करके इन्द्रकी समकक्षता प्राप्त की थी ॥४३–४५॥ चित्ररथके पुत्र दशरथ हुए। वे लोमपाद नामसे विख्यात

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे। शान्ता उनकी पुत्री थी ॥ ४६ ॥ ऋष्यशृङ्गकी कृपासे राजा दशरथको चतुरंग नामका पुत्र प्राप्त हुआ ॥ ४७ ॥ चतुरंगका पुत्र पृथुलाक्ष और पृथुलाक्षका महायशस्वी पुत्र चम्प हुआ। चम्पकी राजधानीका नाम चम्पा था। पहले वह मालिनी नामसे विख्यात थी। मुनिवर पूर्णभद्रकी कृपासे उसके हर्यङ्ग नामक पुत्र उत्पन्न हुआ ॥४८॥४९॥ हर्यङ्गका पुत्र भद्ररथ, भद्ररथका पुत्र राजा बृहत्कर्मा, बृहत्कर्माका पुत्र बृहद्दर्भ, बृहद्दर्भका पुत्र बृहन्मना, बृहन्मनाका पुत्र जयद्रथ, जयद्रथका पुत्र दृढरथ, दृढरथका पुत्र विश्वजित्, विश्वजित्का पुत्र कर्ण और कर्णका पुत्र विकर्ण हुआ। विकर्णके सौ कुलवर्द्धन पुत्र उत्पन्न हुए। हे महाराज! बृहद्दर्भके जो बृहन्मना नामका पुत्र था, उसने चैत्यकी कन्यायें यशोदेवी तथा सत्या इन दोनोंके साथ अपना विवाह कर लिया था। चैत्यकी इन दोनों कन्याओंसे वह वंश दो भागोंमें विभक्त हो गया ॥ ५०–५५ ॥ हे राजेन्द्र! राजा जयद्रथ यशोदेवी तथा विजय सत्याके गर्भसे उत्पन्न

विवर्द्धनः ॥ ४७ ॥ चतुरङ्गस्य पुत्रस्तु पृथुलाक्ष इति स्मृतः ॥ पृथुलाक्षसुतो राजा चम्पो नाम महायशाः ॥ ४८ ॥ चम्पस्य तु पुरी चम्पा या मालिन्यभवत्पुरा ॥ पूर्णभद्रप्रसादेन हर्यङ्गोऽस्य सुतोऽभवत् ॥ ४९ ॥ ततो वैभाण्डकिस्तस्य वारणं शक्रवारणम् ॥ अवतारयामास महीं मन्त्रैर्वाहनमुत्तमम् ॥ ५० ॥ हर्यङ्गस्य तु दायादो राजा भद्ररथः स्मृतः ॥ पुत्रो भद्ररथस्यासीद्बृहत्कर्मा प्रजेश्वरः ॥५१॥ बृहद्दर्भः सुतस्तस्य तस्माज्जज्ञे बृहन्मनाः ॥ बृहन्मनास्तु राजेन्द्र जनयामास वै सुतम् ॥५२॥ नाम्ना जयद्रथं नाम यस्माद्दृढरथो नृपः ॥ आसीद्दृढरथस्यापि विश्वजिज्जनमेजय ॥ ५३ ॥ दायादस्तस्य कर्णस्तु विकर्णस्तस्य चात्मजः ॥ तस्य पुत्रशतं त्वासीदङ्गानां कुलवर्द्धनम् ॥ बृहद्दर्भसुतो यस्तु राजा नाम्ना बृहन्मनाः ॥ ५४ ॥ तस्य पत्नीद्वयं चासीच्चैद्यस्यैते सुते शुभे ॥ यशोदेवी च सत्या च ताभ्यां वंशस्तु भिद्यते ॥ ५५ ॥ जयद्रथस्तु राजेन्द्र यशोदेव्यां व्यजायत ॥ ब्रह्मक्षत्रोत्तरः सत्यां विजयो नाम विश्रुतः ॥ ५६ ॥ विजयस्य धृतिः पुत्रस्तस्य पुत्रो धृतव्रतः ॥ धृतव्रतस्य पुत्रस्तु सत्यकर्मा महायशाः ॥ ५७ ॥ सत्यकर्मसुतश्चापि सूतस्त्वधिरथस्तु वै ॥ यः कर्णं प्रतिजग्राह ततः कर्णस्तु सूतजः ॥ ५८ ॥ एतद्वः कथितं सर्वं कर्णं प्रति महाबलम् ॥ कर्णस्य वृषसेनस्त्र वृषस्तस्यात्मजः स्मृतः ॥ ५९ ॥ एतेऽङ्गवंशजाः सर्वे राजानः कीर्तिता मया ॥ सत्यव्रता महात्मानः प्रजावन्तो महारथाः ॥ ६० ॥ ऋचेयोस्तु महाराज रौद्राश्वतनयस्य ह ॥ शृणु वंशमनुप्रोक्तं यत्र जातोऽसि पार्थिव ॥ ६१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि कुक्षेयुवंशानुकीर्त्तने एकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

हुआ। विजय शान्तिगुणमें ब्राह्मणोंसे और शौर्यगुणमें क्षत्रियोंसे भी आगे बढ़ा हुआ था ॥ ५६ ॥ विजयका पुत्र धृति, धृतिका पुत्र धृतव्रत, धृतव्रतका पुत्र महायशस्वी सत्यकर्मा, सत्यकर्माका पुत्र अधिरथ सूत हुआ। इस सूतने कर्णको पुत्ररूपमें गोद लिया था। इसी कारण कर्ण सूतपुत्र कहलाता था। इस प्रकार मैंने आपको महाबली कर्णका वृत्तान्त बताया। कर्णका पुत्र वृषसेन और वृषसेनका पुत्र वृष हुआ ॥५७–५९॥ ये अङ्गवंशज सभी राजे सत्यव्रती, पुत्रवान् तथा महारथी थे ॥६०॥ अब आप जिस वंशमें उत्पन्न हुए हैं, उस रौद्राश्वतनय ऋचेयुकी वंशावली सुनिए ॥ ६१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पूरुवंशका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! राजर्षि ऋचेयु बड़े ही वीर सम्राट् थे। तक्षकपुत्री ज्वलनाके साथ उनका विवाह हुआ था। उस ज्वलनाके गर्भसे मतिनार नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। मतिनारके तीन परम धार्मिक पुत्र उत्पन्न हुए ॥१॥२॥ उन पुत्रोंके नाम थे—तंसु, प्रतिरथ और सुबाहु। मतिनारकी गौरी नाम्नी एक कन्या भी थी, जो आगे चलकर महाराज मान्धाताकी माता बनी ॥ ३ ॥ मतिनारके तीनों पुत्र वेदज्ञ, ब्रह्मज्ञानी, सत्यवादी, शस्त्रकुशल, बलवान् और रणनिपुण थे। उनमें तंसु सब पुत्रोंसे बड़ा था ॥ ४ ॥ प्रतिरथका पुत्र कण्व हुआ। कण्वका पुत्र मेधातिथि था। आगे चलकर मेधातिथिसे कण्वको ब्राह्मणत्व प्राप्त हुआ और उनके वंशज कण्वायन विप्र कहलाये ॥ ५ ॥ महाराज कण्वकी कन्या ईलिनी थी। ईलिनी बड़ी ब्राह्मणभक्त थी। राजा तंसुके साथ उसका विवाह हुआ था ॥ ६ ॥ तंसुका पुत्र सुरोध धर्मप्रवर्तक, ब्रह्मज्ञानी, वीर और बहुत पराक्रमी

वैशम्पायन उवाच ॥ अनाधृष्यस्तु राजर्षिर्ऋचेयुश्चैकराट् स्मृतः ॥ ऋचेयोर्ज्वलना नाम भार्या वै तक्षकात्मजा ॥ १ ॥ तस्यां स देव्यां राजर्षिर्मतिनारो महीपतिः ॥ मतिनारसुताश्चासंस्त्रयः परमधार्मिकाः ॥ २ ॥ तंसुराद्योऽप्रतिरथः सुबाहुश्चैव धार्मिकः ॥ गौरी कन्या च विख्याता मान्धातृजननी शुभा ॥ ३ ॥ सर्वे वेदविदस्तत्र ब्रह्मण्याः सत्यवादिनः ॥ सर्वे कृतास्त्रा बलिनः सर्वे युद्धविशारदाः ॥ ४ ॥ पुत्रः प्रतिरथस्यासी-त्कण्वः समभवन्नृपः ॥ मेधातिथिः सुतस्तस्य यस्मात्काण्वायना द्विजाः ॥ ५ ॥ ईलिनी भूप यस्यासीत्कन्या वै जनमेजय ॥ ब्रह्मवादिन्यधि स्त्रीं च तंतुस्तामभ्यगच्छत ॥ ६ ॥ तंसोः सुरोधो राजर्षिर्धर्मनेत्रो महायशाः ॥ ब्रह्मवादी पराक्रान्तस्तस्य भार्योपदानवी ॥ ७ ॥ उपदानवी सुतॉंल्लेभे चतुरस्त्वैलिकात्मजान् ॥ दुष्यन्तमथ सुष्मन्तं प्रवीरमनघं तथा ॥ ८ ॥ दुष्यन्तस्य तु दायादो भरतो नाम वीर्यवान् ॥ स सर्वदमनो नाम नागा-युतबलो महान् ॥ ९ ॥ चक्रवर्ती सुतो जज्ञे सुष्मन्तस्य महात्मनः ॥ शकुन्तलायां भरतो यस्य नाम्ना स्थ भारताः ॥ १० ॥ दुष्यन्तं प्रति राजानं वागुवाचाशरीरिणी ॥ माता भस्त्रा पितुः पुत्रो येन जातः स एव सः ॥ ११ ॥ भरस्व पुत्रं दुष्यन्त मावसंस्थाः शकुन्तलाम् ॥ रेतोधाः पुत्र उन्नयति नरदेव यमक्षयात् ॥ १२ ॥ त्वं चास्य धाता गर्भस्य सत्यमाह शकुन्तला ॥ भरतस्य विनष्टेषु तनयेषु महीपतेः ॥ १३ ॥ मातृणां तात कोपेन मया ते कथितं पुरा ॥ बृहस्पतेराङ्गिरसः पुत्रो राजन्महामुनिः ॥ संक्रामितो भरद्वाजो मरुद्भिः क्रतुभिर्विभुः ॥ १४ ॥ अत्रैवोदाहर-

था। उपदानवी उसकी भार्या थी। उपदानवीके गर्भसे उसके द्वारा दुष्यन्त, सुष्मन्त, प्रवीर और अनघ नामके चार पुत्र उत्पन्न हुए ॥७॥८॥ दुष्यन्तका पुत्र भरत दस हजार हाथीके तुल्य बलवान्, सर्वदमन और चक्रवर्ती राजा था। शकुन्तला भरतकी माता थी। हे राजन् ! उस प्रतापी राजा भरतके नामपर ही आप लोग भारत कहलाते हैं ॥ ९ ॥ १० ॥ राजा दुष्यन्तको आकाशवाणी हुई थी—हे दुष्यन्त ! माता भाथीके समान होती है। वस्तुतः पुत्र तो पिताका ही होता है। पुत्र जिस पिता द्वारा उत्पादित होता है, वह उसीका स्वरूप होता है ॥ ११ ॥ अतएव तुम इस पुत्रका भरण-पोषण करो। शकुन्तलाका कभी भी अपमान न करो। औरस पुत्र ही प्राणीका पुंनामके नरकसे उद्धार करता है। शकुन्तलाका कथन यथार्थ है। वास्तवमें

म

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हीं भरतके जन्मदाता पिता हो । हे महाराज ! यह मैं पहले ही (आदिपर्वमें) बता चुका हूँ कि मातृकाओंके कोपसे ही भरतके पुत्रोंका विनाश हुआ था । इस विषयमें ऐसी प्रसिद्धि है कि सुरगुरु बृहस्पतिके बुद्धिमान् पुत्र भरद्वाजने राजा भरतसे एक यज्ञ कराया । उस यज्ञकी अधिष्ठात्री देवियोंने भरद्वाजको भरतके पुत्र रूपमें परिणत कर दिया ॥ १२–१६ ॥ पूर्वकालमें मातृकाओंने भरतके पुत्रोंको वितथ कर दिया था । अतएव आगे चलकर भरद्वाजसे जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम वितथ पड़ा । वितथके उत्पन्न होते ही महाराज भरत स्वर्ग चले गये ॥ १७ ॥ तदनन्तर भरद्वाज भी वितथका राज्याभिषेक करके वनको चले गये । विथतने पाँच पुत्र उत्पन्न किये । जिनके नाम थे—सुहोत्र, सुहोता, गय, गर्ग और महात्मा कपिल । सुहोत्रके दो पुत्र हुए ॥ १८ ॥ १९ ॥ जिनके नाम थे—महाबली काशिक तथा राजा गृत्समति । उन दोनोंसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यजातिके अनेक

न्तीमं भरद्वाजस्य धीमतः ॥ धर्मसंक्रमणं चापि मरुद्भिर्भरताय वै ॥ १५ ॥ अयाजयद्भरद्वाजो मरुद्भिः क्रतुभिर्हि तम् ॥ पूर्वं तु वितथे यस्य कृते वै पुत्रजन्मनि ॥ १६ ॥ ततोऽथ वितथो नाम भरद्वाजसुतोऽभवत् ॥ ततोऽथ वितथे जाते भरतस्तु दिवं ययौ ॥ १७ ॥ वितथं चाभिषिच्याथ भरद्वाजो वनं ययौ ॥ स राजा वितथः पुत्राञ्जनयामास पञ्च वै ॥ १८ ॥ सुहोत्रं च सुहोतारं गयं गर्गं तथैव च ॥ कपिलं च महात्मानं सुहोत्रस्य सुतद्वयम् ॥ १९ ॥ काशिकश्च महासत्त्वस्तथा गृत्समतिर्नृपः ॥ तथा गृत्समतेः पुत्रा ब्राह्मणाः क्षत्रिया विशः ॥ २० ॥ काशस्य काशयो राजन् पुत्रो दीर्घतपास्तथा ॥ बभूव दीर्घतपसो विद्वान्धन्वन्तरिः सुतः ॥ २१ ॥ धन्वन्तरेस्तु तनयः केतुमानिति विश्रुतः ॥ अथ केतुमतः पुत्रो वीरो भीमरथो नृपः ॥२२॥ सुतो भीमरथस्यापि दिवोदासः प्रजेश्वरः ॥ दिवोदास इति ख्यातः सर्वरक्षोविनाशनः ॥ २३ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु पुरीं वाराणसीं नृप ॥ शून्यां निवेशयामास क्षेमको नाम राक्षसः ॥ शप्ता हि सा मतिमता निकुम्भेन महात्मना ॥ २४ ॥ शून्या वर्षसहस्रं वै भवित्रीति नराधिप ॥ तस्यां तु शप्तमात्रायां दिवोदासः प्रजेश्वरः ॥ विषयान्ते पुरीं रम्यां गोमत्यां संन्यवेशयत् ॥ २५ ॥ भद्रश्रेण्याय पूर्वं तु पुरी वाराणसी ह्यभूत् ॥ यदुवंशप्रसूतस्य तपस्यभिरतस्य च ॥ २६ ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्राणां शतमुत्तमधन्विनाम् ॥ हत्वा निवेशयामास दिवोदासः प्रजेश्वरः ॥ २७ ॥ दिवोदासस्य पुत्रस्तु वीरो राजा प्रतर्दनः ॥ प्रतर्दनस्य पुत्रौ द्वौ वत्सो भार्गव एव च ॥२८॥ अलर्को राजपुत्रस्तु राजा सन्नतिमान्भुवि ॥ हैहयस्य

पुत्र जनमे । किन्तु काशिकके दीर्घतपा नामका केवल एक पुत्र हुआ । दीर्घतपाके धन्वंतरि नामका:पुत्र उत्पन्न हुआ ॥२०॥२१॥ धन्वन्तरिका पुत्र केतुमान्, केतुमान्का पुत्र वीर भीमरथ और भीमरथका पुत्र दिवोदास हुआ । दिवोदास राक्षसांके लिए यमराजके समान भयानक था ॥२२॥२३॥ उसी समय क्षेमक नामके एक राक्षसने राजा दिवोदासकी राजधानी काशीको जनशून्य कर दिया । क्योंकि महात्मा निकुम्भने दिवोदासको यह शाप दे दिया था कि एक हजार वर्षतक तुम्हारी काशीपुरी जनशून्य रहेगी । उनके ऐसा शाप दे देनेपर राजा दिवोदासने गोमती नदीके रमणीक तटपर अपनी राजधानी बसायी ॥ २४ ॥ २५ ॥ पूर्वकालमें यदुवंशी एवं तपस्वी भद्रश्रेण्य काशीपुरीके राजा थे । बादमें दिवोदासने भद्रश्रेण्यके सौ पुत्रोंको मारकर काशीपर अधिकार कर लिया ॥ २६ ॥ २७ ॥ दिवोदासका वीर पुत्र प्रतर्दन और प्रतर्दनके वत्स तथा भार्गव नामके दो पुत्र हुए ॥ २८ ॥ उनमें वत्सका पुत्र अलर्क और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अलर्कका पुत्र सन्नतिमान् हुआ। राजा भद्रश्रेण्यके पुत्र दुर्दमने दिवोदाससे अपने पिताका राज्य बलपूर्वक छीन लिया और दिवोदासने बालक समझकर उसका विरोध नहीं किया। वह दुर्दम आगे चलकर हैहयका पुत्र बन गया ॥ २९ ॥ ३० ॥ भयानक रथवाले राजा दिवोदासका अष्टारथ नामक एक पुत्र था। उसने जब कि दुर्दमके पुत्र बहुत छोटे थे, उसी समय वैरका बदला लेनेके लिए दुर्दमके द्वारा अपहृत राज्यपर फिर अधिकार कर लिया। काशिराज अलर्क सत्यप्रतिज्ञ तथा ब्रह्मनिष्ठ राजा थे ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ छाछठ हजार वर्षोंतक उनका राज्य और रूप-यौवन बना रहा। अगस्त्यपत्नी लोपामुद्राकी कृपासे उन्हें इतनी लम्बी आयु मिली थी ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ शापके अन्तमें राजा अलर्कने ही क्षेमक-राक्षसको मारकर

तु दायाद्यं हृतवान् वै महीपतिः ॥ २९ ॥ आजह्रे पितृदायाद्यं दिवोदासहृतं बलात् ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्रेण दुर्दमेन महात्मना ॥ दिवोदासेन बालेति घृणया परिवर्जितः ॥ ३० ॥ अष्टारथो नाम नृपः सुतो भीमरथस्य वै ॥ तेन पुत्रेषु बालेषु प्रहृतं तस्य भारत ॥ ३१ ॥ वैरस्यान्तं महाराज क्षत्रियेण विधित्सता ॥ अलर्कः काशिराजस्तु ब्रह्मण्यः सत्यसंगरः ॥ ३२ ॥ षष्टिवर्षसहस्राणि षष्टिवर्षशतानि च ॥ तस्यासीत्सुमहद्राज्यं रूपयौवनशालिनः ॥ ३३ ॥ युवा रूपेण संपन्न आसीत्काशिकुलोद्वहः ॥ लोपामुद्राप्रसादेन परमायुरवाप सः ॥ ३४ ॥ वयस्यन्ते महाबाहुर्हत्वा क्षेमकराक्षसम् ॥ शून्यां निवेशयामास पुरीं वाराणसीं नृप ॥ ३५ ॥ अलर्कस्य तु दायादः सुनीथो नाम पार्थिवः ॥ सुनीथस्य तु दायादः क्षेम्यो नाम महायशाः ॥ ३६ ॥ क्षेम्यस्य केतुमान्पुत्रो वर्षकेतुस्ततोऽभवत् ॥ वर्षकेतोस्तु दायादो विभुर्नाम प्रजेश्वरः ॥ ३७ ॥ आनर्त्तस्तु विभोः पुत्रः सुकुमारस्ततोऽभवत् ॥ पुत्रस्तु सुकुमारस्य सत्यकेतुर्महारथः ॥ ३८ ॥ ततोऽभवन्महातेजा राजा परमधार्मिकः ॥ वत्सस्य वत्सभूमिस्तु भार्गभूमिस्तु भार्गवात् ॥ ३९ ॥ एते त्वङ्गिरसः पुत्रा जाता वंशेऽथ भार्गवे ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्च भरतर्षभ ॥ ४० ॥ सुहोत्रस्य बृहत्पुत्रो बृहतस्तनयास्त्रयः ॥ अजमीढो द्विमीढश्च पुरुमीढश्च वीर्यवान् ॥ ४१ ॥ अजमीढस्य पत्न्यस्तु तिस्रो वै यशसाऽन्विताः ॥ नीलिनी केशिनी चैव धूमिनी च वरांगना ॥ ४२ ॥ अजमीढस्य केशिन्यां जज्ञे जह्नुः प्रतापवान् ॥ आजह्रे यो महामत्रं सर्वमेधं महामखम् ॥ ४३ ॥ पतिलोभेन यं गङ्गा विनीताऽभिससार ह ॥ नेच्छतः प्लावयामास तस्य गङ्गाऽथ तत्सदः ॥ ४४ ॥ स तया प्लावितं दृष्ट्वा यज्ञवाटं परंतप ॥ जह्नुरप्यब्रवीद्गङ्गां

काशीपुरीको फिरसे बसाया था ॥ ३५ ॥ अलर्कका पुत्र राजा सुनीथ और सुनीथका पुत्र महायशस्वी पुत्र क्षेम्य हुआ ॥ ३६ ॥ क्षेम्यका पुत्र केतुमान्, केतुमान्का पुत्र वर्षकेतु, वर्षकेतुका पुत्र विभु, विभुके दो पुत्र आनर्त तथा सुकुमार और सुकुमारका पुत्र महारथी सत्यकेतु हुआ ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ सत्यकेतु बड़ा तेजस्वी और परम धार्मिक राजा था। वत्ससे वत्सभूमि तथा भार्गसे भार्गभूमिकी उत्पत्ति हुई ॥ ३९ ॥ अंगिराके इन पुत्रों द्वारा भृगुवंशमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रजातिके अनेक पुत्र हुए ॥ ४० ॥ राजा सुहोत्रके बृहत् और बृहत्के अजमीढ, द्विमीढ और पुरुमीढ नामके तीन पुत्र हुए ॥ ४१ ॥ अजमीढकी तीन सुन्दर स्त्रियाँ थीं—नीलिनी, केशिनी और धूमिनी ॥ ४२ ॥ अजमीढकी केशिनी नामकी पत्नीसे परम प्रतापी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जह्नुका जन्म हुआ । जह्नुने ही सर्वमेध नामका महान् यज्ञ किया था ॥ ४३ ॥ उन्हें पति बनानेके विचारसे गंगा उनके पास गयी थीं । किन्तु उन्होंने इनकार कर दिया । तब गंगाजी उनकी यज्ञशालाको अपने प्रवाहमें बहा ले गयी ॥४४॥ इससे जह्नु बहुत कुपित हुए और उन्होंने कहा—गंगे ! मैं तुम्हारा जल पीकर तुम्हें समाप्त कर दूँगा । जिससे तुम्हें अपनी करनीका फल मिल जायगा । ऐसा कहकर उन्होंने गंगाको पी लिया ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ उनको पी गयी देखकर महर्षियोंने अनेक प्रकारसे विनती करके गंगाजीको जह्नुकी कन्या बनाकर मुक्त कराया ॥ ४७ ॥ जह्नुने युवनाश्वकी पुत्री कावेरीके साथ अपना विवाह किया । गंगाजीके शापसे कावेरीका आधा शरीर नदीके रूपमें परिणत हो गया ॥ ४८ ॥ जह्नुका पुत्र महाबली अजक पिताको अत्यधिक प्रिय था । अजकका पुत्र राजा बलाकाश्व हुआ ॥४९॥ बलाकाश्वको शिकार विशेष पसन्द था । बलाकाश्वका पुत्र कुशिक हुआ । कुशिक वनवासी पह्लवोंसे घिरकर

क्रुद्धो भरतसत्तम ॥ ४५ ॥ एष ते त्रिषु लोकेषु संक्षिप्यापः पिबाम्यहम् ॥ अस्य गंगेऽवलेपस्य सद्यः फलमवाप्नुहि ॥ ४६ ॥ ततः पीतां महात्मानो गङ्गां दृष्ट्वा महर्षयः ॥ उपनिन्युर्महाभागां दुहितृत्वाय जाह्नवीम् ॥ ४७ ॥ युवनाश्वस्य पुत्रीं तु कावेरीं जह्नुरावहत् ॥ गङ्गाशापेन देहार्द्धं यस्याः पश्चान्नदीकृतम् ॥ ४८ ॥ जह्नोस्तु दयितः पुत्रस्त्वजको नाम वीर्यवान् ॥ अजकस्य तु दायादो बलाकाश्वो महीपतिः ॥ ४९ ॥ बभूव मृगयाशीलः कुशिकस्तस्य चात्मजः ॥ पह्लवैः सह संरुद्धो राजा वनचरैस्तदा ॥ ५० ॥ कुशिकस्तु तपस्तेपे पुत्रमिन्द्रसमं प्रभुः ॥ लभेयमिति तं शक्रस्त्रासादभ्येत्य जज्ञिवान् ॥ ५१ ॥ स गाधिरभवद्राजा मघवान्कौशिकः स्वयम् ॥ विश्वामित्रस्तु गाधेयो राजा विश्वरथस्तदा ॥ ५२ ॥ विश्वकृद्विश्वजिच्चैव तथा सत्यवती नृप ॥ ऋचीकाज्जमदग्निस्तु सत्यवत्यामजायत ॥ ५३ ॥ विश्वामित्रस्य तु सुता देवरातादयः स्मृताः ॥ प्रख्यातास्त्रिषु लोकेषु तेषां नामानि मे शृणु ॥ ५४ ॥ देवश्रवाः कतिश्चैव यस्मात्कात्यायनाः स्मृताः ॥ शालावत्या हिरण्याक्षो रेणोर्जज्ञेऽथ रेणुमान् ॥ ५५ ॥ साङ्कृत्यो गालवो राजन्मौद्गल्यश्चेति विश्रुताः ॥ तेषां ख्यातानि गोत्राणि कौशिकानां महात्मनाम् ॥ ५६ ॥ पाणिनो बभ्रवश्चैव ध्यानजप्यास्तथैव च ॥ पार्थिवा देवरातास्च शालङ्कायनसौश्रवाः ॥ ५७ ॥ लौहित्या यामदूताश्च तथा कारीषवः स्मृताः ॥ विश्रुताः कौशिका राजन् तथाऽन्ये सैन्धवायनाः ॥ ५८ ॥ ऋष्यन्तरविवाह्याश्च कौशिका बहवः स्मृताः ॥ पौरवस्य महाराज ब्रह्मर्षेः कौशिकस्य ह

इन्द्रतुल्य पुत्र प्राप्त करनेकी इच्छासे तपस्या करने लगे । जिससे डरकर इन्द्र स्वयं कुशिकके पुत्ररूपमें उत्पन्न हुए ॥ ५० ॥ ५१ ॥ इस प्रकार स्वयं इन्द्र कुशिकतनय गाधिके रूपमें अवतीर्ण होकर राज्य करने लगे । राजा गाधिके विश्वामित्र, विश्वरथ और विश्वकृत् नामके ये तीन पुत्र तथा सत्यवती नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई । ऋचीक द्वारा सत्यवतीके गर्भसे जमदग्निका जन्म हुआ । त्रिलोकविख्यात देवरात आदि विश्वामित्रके पुत्र थे। अब मैं विश्वामित्रके पुत्रोंका नाम बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ५२–५४ ॥ विश्वामित्रकी पत्नी शालावतीसे देवश्रवा, कति और हिरण्याक्ष उत्पन्न हुए । कतिसे कात्यायनकी उत्पत्ति हुई । उनकी अन्य पत्नी रेणुसे रेणुमान्, सांकृत्य, गालव और मौद्गल्य उत्पन्न हुए । इन कुशिकवंशी महात्माओंका नाम और गोत्र सारी त्रिलोकीमें विख्यात हैं ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ पाणिन, बभ्रव, ध्यानजप्य, पार्थिव, देवरात, शालङ्कायन, सौश्रव, लौहित्य, यामदूत, कारीष और अन्यान्य कौशिक ये सभी कुशिकवंशज

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

माने जाते हैं ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ इन महात्माओंमेंसे अनेकोंका विवाह अन्य ऋषियोंके कुलमें हो सकता था। पूरुवंशी राजे तथा ब्रह्मर्षि कौशिक ये दोनों क्षत्रिय तथा ब्राह्मणवंशमें परस्पर सम्बद्ध माने जाते हैं। विश्वामित्रके पुत्रोंमें शुनःशेप बड़ा था ॥ ५९ ॥ ६० ॥ मुनिसत्तम शुनःशेपने कौशिकत्व प्राप्त कर लिया था। दृषद्वतीके पुत्र अष्टक तथा देवरात आदि सभी विश्वामित्रके पुत्र थे। अष्टकके पुत्रका नाम लौहि था। हे राजन्! इस प्रकार मैंने आपको जह्नु गणका वृत्तान्त कह सुनाया ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ अब अजमीढ़ वंशका इतिहास बता रहा हूँ, सुनिए। अजमीढ़की नीलिनी नामकी पत्नीसे सुशान्तिका जन्म हुआ ॥ ६३ ॥ सुशान्तिका पुत्र पूरुजाति, पूरुजातिका पुत्र बाह्याश्व और बाह्याश्वके पाँच देवोपम पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ६४ ॥ उनके नाम थे—मुद्गल, सृञ्जय, बृहदिषु, यवीनर और कृमिलाश्व ॥ ६५ ॥ ये पञ्च अर्थात् पाँच भाई देशकी रक्षा करनेमें अलं अर्थात् समर्थ थे। इसी कारण ये पञ्चाल कहलाते थे। इनका

॥ ५९ ॥ सम्बन्धो ह्यस्य वंशेऽस्मिन्ब्रह्मक्षत्रस्य विश्रुतः ॥ विश्वामित्रात्मजानां तु शुनःशेपोऽग्रजः स्मृतः ॥ ६० ॥ भार्गवो कौशिकत्वं हि प्राप्तः स मुनिसत्तमः ॥ देवरातादयश्चान्ये विश्वामित्रस्य वै सुताः ॥ ६१ ॥ दृषद्वतीसुतश्चापि विश्वामित्रादथाष्टकः ॥ अष्टकस्य सुतो लौहिः प्रोक्तो जह्नुगणो मया ॥ ६२ ॥ आजमीढोऽपरो वंशः श्रूयतां पुरुषर्षभ ॥ अजमीढस्य नीलिन्यां सुशान्तिरुदपद्यत ॥ ६३ ॥ पुरुजातिः सुशान्तेस्तु बाह्याश्वः पूरुजातितः ॥ बाह्याश्वतनयाः पञ्च बभूवुरमरोपमाः ॥ ६४ ॥ मुद्गलः सृञ्जयश्चैव राजा बृहदिषुः स्मृतः ॥ यवीनरश्च विक्रान्तः कृमिलाश्वश्च पञ्चमः ॥ ६५ ॥ पञ्चैते रक्षणायालं दशानामिति विश्रुताः ॥ पञ्चानां विद्धि पञ्चालान्स्फीतैर्जनपदैर्वृतान् ॥ ६६ ॥ अलं संरक्षणे तेषां पञ्चाला इति विश्रुताः ॥ मुद्गलस्य तु दायादो मौद्गल्यः सुमहायशाः ॥ ६७ ॥ सर्वे एते महात्मानः क्षत्रोपेता द्विजातयः ॥ एते ह्यङ्गिरसः पक्षं संश्रिताः काण्वमौद्गलाः ॥ ६८ ॥ मौद्गलस्य सुतो ज्येष्ठो ब्रह्मर्षिः सुमहायशाः ॥ इन्द्रसेनो यतो गर्भं वध्र्यश्वं प्रत्यपद्यत ॥ ६९ ॥ वध्र्यश्वान्मिथुनं जज्ञे मेनकायामिति श्रुतिः ॥ दिवोदासश्च राजर्षिरहल्या च यशस्विनी ॥ ७० ॥ शरद्वतस्य दायादमहल्या समसूयत ॥ शतानन्दमृषिश्रेष्ठं तस्यापि सुमहायशाः ॥ ७१ ॥ पुनः सत्यधृतिर्नाम धनुर्वेदस्य पारगः ॥ तस्य सत्यधृते रेतो दृष्ट्वाऽप्सरसमग्रतः ॥ ७२ ॥ अवस्कन्नं शरस्तम्बे मिथुनं समपद्यत ॥ कृपया तच्च जग्राह शन्तनुर्मृगयां गतः ॥ ७३ ॥ कृपः स्मृतः स वै तस्माद्गौतमी च कृपी तथा ॥ एते शारद्वताः प्रोक्ता एते ते गौतमाः स्मृताः ॥ ७४ ॥

सुसमृद्ध और नगरपरिवेष्टित राज्य भी पञ्चाल कहलाता था। मुद्गलवंशी राजे मौद्गल्य नामसे विख्यात थे ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ ये सभी महापुरुष क्षत्रियकुलमें उत्पन्न होकर भी ब्राह्मण कहलाते थे। कण्व तथा मुद्गलवंशज लोग अंगिराके पक्षपाती माने जाते थे ॥ ६८ ॥ महायशस्वी ब्रह्मर्षि इन्द्रसेन मुद्गलके ज्येष्ठ पुत्र थे। इन्द्रसेनसे वध्र्यश्वका जन्म हुआ ॥ ६९ ॥ वध्र्यश्व द्वारा मेनका अप्सराके गर्भसे राजर्षि दिवोदास तथा यशस्विनी कन्या अहल्या उत्पन्न हुई ॥ ७० ॥ गौतमपत्नी अहल्यासे ऋषिश्रेष्ठ शतानन्दका जन्म हुआ। शतानन्दका महायशस्वी तथा धनुर्वेदका पारदर्शी पुत्र सत्यधृति हुआ। एक बार किसी अप्सराको देखकर मूँजके वनमें कामासक्त सत्यधृतिका वीर्यपात हो गया। उस वीर्यसे एक पुत्र तथा एक पुत्री दोनों साथ ही उत्पन्न हुए। उस समय राजा शन्तनु मृगया खेलने गये थे। वे इन असहाय बच्चोंको कृपावश अपने घर उठा ले गये ॥ ७१–७३ ॥ इसी कारण पुत्रका नाम कृप और पुत्रीका नाम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कृपी रखा गया। हे राजन्! इस प्रकार मैंने आपको गौतमके पुत्रोंका इतिहास कह सुनाया ॥ ७४ ॥ अब दिवोदासकी सन्ततिका वृत्तान्त बता रहा हूँ। दिवोदासके पुत्र ब्रह्मर्षि राजा मित्रयु हुए ॥ ७५ ॥ मित्रयुसे ही मैत्रायणी शाखा प्रचलित हुई है। इस शाखाका अवलम्बन करनेवाले लोग मैत्रेय कहलाते हैं। ये सब क्षत्रिय तथा भृगुवंशसे सम्बद्ध माने जाते हैं ॥ ७६ ॥ सृञ्जयका पुत्र पञ्चजन और पञ्चजनका पुत्र सोमदत्त हुआ ॥ ७७ ॥ सोमदत्तका महायशस्वी पुत्र सहदेव और सहदेवका पुत्र राजा सोमक हुआ ॥ ७८ ॥ अजमीढवंशज सहदेवका प्रथम पुत्र सोमक गत हो गया। उसके जो दूसरा पुत्र हुआ, उसका नाम भी सोमक था। सोमकका पुत्र जन्तु हुआ, जिसके सौ पुत्र हुए ॥ ७९ ॥ उनमें सबसे छोटा पुत्र पृषत था। उसीसे राजा द्रुपद हुए थे। द्रुपदका पुत्र धृष्टद्युम्न और धृष्टद्युम्नका पुत्र धृष्टकेतु हुआ ॥ ८० ॥ ऊपर जिन महात्माओंका वृत्तान्त बताया गया है, वे सब अजमीढ़वंशज

अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि दिवोदासस्य सन्ततिम् ॥ दिवोदासस्य दायादो ब्रह्मर्षिर्मित्रयुर्नृपः ॥ ७५ ॥ मैत्रायणस्ततः सोमो मैत्रेयास्तु ततः स्मृताः ॥ एते हि संश्रिताः पक्षं क्षत्रोपेतास्तु भार्गवाः ॥ ७६ ॥ आसीत्पञ्चजनः पुत्रः सृञ्जयस्य महात्मनः ॥ सुतः पञ्चजनस्यापि सोमदत्तो महीपतिः ॥ ७७ ॥ सोमदत्तस्य दायादः सहदेवो महायशाः ॥ सहदेवसुतश्चापि सोमको नाम पार्थिवः ॥ ७८ ॥ अजमीढात्पुनर्जातः क्षीणवंशे तु सोमकः ॥ सोमकस्य सुतो जन्तुर्यस्य पुत्रशतं बभौ ॥ ७९ ॥ तेषां यवीयान्पृषतो द्रुपदस्य पिता प्रभुः ॥ धृष्टद्युम्नस्तु द्रुपदाद्धृष्टकेतुश्च तत्सुतः ॥ ८० ॥ आजमीढाः स्मृता ह्येते महात्मानस्तु सोमकाः ॥ पुत्राणामजमीढस्य सोमकत्वं महात्मनः ॥ ८१ ॥ महिषी त्वजमीढस्य धूमिनी पुत्रगर्द्धिनी ॥ तृतीया तव पूर्वेषां जननी पृथिवीपते ॥ ८२ ॥ सा तु पुत्रार्थिनी देवी व्रतचर्यासमन्विता ॥ तेपे वर्षायुतं तत्र तपः परमदुश्चरम् ॥ ८३ ॥ हुत्वाऽग्निं विधिवत्सा तु पवित्रमितभोजना ॥ अग्निहोत्रकुशेष्वेव सुष्वाप जनमेजय ॥ धूमिन्या स तया देव्या त्वजमीढः समेयिवान् ॥ ८४ ॥ ऋक्षं संजनयामास धूमवर्णं सुदर्शनम् ॥ ऋक्षात्संवरणो जज्ञे कुरुः संवरणात्तथा ॥ यः प्रयागादतिक्रम्य कुरुक्षेत्रं चकार ह ॥ ८५ ॥ पुण्यं च रमणीयं च पुण्यकृद्भिर्निषेवितम् ॥ तस्यान्ववायः सुमहांस्तस्य नाम्ना स्थ कौरवाः ॥ ८६ ॥ कुरोश्च पुत्राश्चत्वारः सुधन्वा सुधनुस्तथा ॥ परीक्षिच्च महाबाहुः

माने जाते हैं। इस प्रकार महात्मा अजमीढ़के पुत्रोंकी सोमकत्व प्राप्तिका वृत्तान्त बताया ॥८१॥ हे महाराज! महात्मा अजमीढ़की पुत्र चाहनेवाली धूमिनी नामकी जो तृतीय पत्नी थी, वह आपके पूर्वजोंकी माता थी ॥ ८२ ॥ पुत्रार्थिनी देवी धूमिनीने व्रतपरायणा होकर दस हजार वर्षतक स्त्रीजनोंके लिए असाध्य अतिकठोर तप किया ॥ ८३ ॥ वे नित्य नियमसे होम करती हुई पवित्र और परिमित भोजन करके अग्निहोत्रके कुशोंपर ही सो जाया करती थीं। इसके बाद उनको राजा अजमीढ़के साथ सहवासका अवसर मिला ॥ ४ ॥ उस सहवाससे उनके द्वारा धूम्रवर्णका किन्तु बड़ा ही सुन्दर ऋक्ष उत्पन्न हुआ। ऋक्षका पुत्र संवरण और संवरणका पुत्र कुरु हुआ। कुरुने प्राचीन राजधानी प्रयाग त्यागकर अतिशय पवित्र और पुण्यात्माओंसे संसेवित कुरुक्षेत्र नामका नगर बसाया। कुरुका वंश बहुत विशाल है। इस वंशमें उत्पन्न लोग कौरव कहलाते हैं ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ महाराज कुरुके सुधन्वा, सुधनु, महाबाहु

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परीक्षित और प्रवर ये चार पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ८७ ॥ सुधन्वाका पुत्र बुद्धिमान् सुहोत्र और सुहोत्रके पुत्र धर्म-अर्थके तत्त्वको जाननेवाले च्यवन हुए ॥ ८८ ॥ च्यवनका पुत्र कृतयज्ञ हुआ। धर्मात्मा कृतयज्ञने विविध यज्ञ करके लोकविख्यात इन्द्रके समान सुन्दर एवं आकाशचारी चेदिदेशीय वीरवर उपरिचर वसुको पुत्ररूपमें प्राप्त किया। इस चैद्य उपरिचर वसुने अपनी गिरिका नाम्नी पत्नीके गर्भसे महारथी मगधराज बृहद्रथ, प्रत्यग्रह, कुश (अथवा मणिवाहन), मारुत, यदु, मत्स्य और सत्तम ये सात पुत्र उत्पन्न किये। उनकी एक कन्या भी हुई, जिसका नाम काली था। मगधराज बृहद्रथका पुत्र हुआ ॥ ८९–९२ ॥ कुशाग्रका पुत्र विद्वान् तथा बलवान् वृषभ हुआ ॥ ९३ ॥ वृषभका धार्मिक पुत्र पुष्पवान्, पुष्पवान्का पुत्र परम पराक्रमी

प्रवरश्चारिमेजयः ॥ ८७ ॥ सुधन्वनस्तु दायादः सुहोत्रो मतिमांस्ततः ॥ च्यवनस्तस्य पुत्रस्तु राजा धर्मार्थकोविदः ॥ ८८ ॥ च्यवनात्कृतयज्ञस्तु इष्ट्वा यज्ञैः स धर्मवित् ॥ विश्रुतं जनयामास पुत्रमिन्द्रसमं नृपः ॥ ८९ ॥ चैद्योपरिचरं वीरं वसुं नामान्तरिक्षगम् ॥ चैद्योपरिचराज्जज्ञे गिरिका सप्त मानवान् ॥ ९० ॥ महारथो मगधराड् विश्रुतो यो बृहद्रथः ॥ प्रत्यग्रहः कुशश्चैव यमाहुर्मणिवाहनम् ॥ ९१ ॥ मारुतश्च यदुश्चैव मत्स्यः काली च सत्तमः ॥ बृहद्रथस्य दायादः कुशाग्रो नाम विश्रुतः ॥ ९२ ॥ कुशाग्रस्यात्मजो विद्वान्वृषभो नाम वीर्यवान् ॥ ९३ ॥ वृषभस्य तु दायादः पुष्पवान्नाम धार्मिकः ॥ दायादस्तस्य विक्रान्तो राजा सत्यहितः स्मृतः ॥ ९४ ॥ तस्य पुत्रः स धर्मात्मा नाम्ना ऊर्जस्तु जज्ञिवान् ॥ ऊर्जस्य संभवः पुत्रो यस्य जज्ञे स वीर्यवान् ॥ ९५ ॥ शकले द्वे स वै जातो जरया सन्धितः स तु ॥ जरया सन्धितो यस्माज्जरासन्धस्ततः स्मृतः ॥ ९६ ॥ सर्वक्षत्रस्य जेताऽसौ जरासन्धो महाबलः ॥ जरासन्धस्य पुत्रो वै सहदेवः प्रतापवान् ॥ ९७ ॥ सहदेवात्मजः श्रीमानुदायुः स महायशाः ॥ उदायुर्ज्जनयामास पुत्रं परमधार्मिकम् ॥९८॥ श्रुतधर्मेति नामानं मगधान् योऽवसद्विभुः ॥ परीक्षितस्तु दायादो धार्मिको जनमेजयः ॥ ९९ ॥ जनमेजयस्य दायादास्त्रय एव महारथाः ॥ श्रुतसेनोग्रसेनौ च भीमसेनश्च नामतः ॥१००॥ एते सर्वे महाभागा विक्रान्ता बलशालिनः ॥ जनमेजयस्य पुत्रौ तु सुरथो मतिमांस्तथा ॥१०१॥ सुरथस्य तु विक्रान्तः पुत्रो जज्ञे विदूरथः ॥ विदूरथस्य दायाद ऋक्ष एव महारथः ॥१०२॥ द्वितीयः स बभौ राजा नाम्ना तेनैव संज्ञितः ॥ द्वावृक्षौ तव वंशेऽस्मिन्द्वावेव तु परीक्षितौ ॥ १०३ ॥ भीमसेनास्त्रयो राजन्द्वावेव जनमेजयौ ॥

राजा सत्यहित, सत्यहितका धर्मात्मा पुत्र ऊर्ज, ऊर्जका पुत्र सम्भव और सम्भवके एक ऐसा पुत्र उत्पन्न हुआ, जो अलग-अलग दो टुकड़ोंका था। जरा नामकी एक राक्षसीने उन दोनों टुकड़ोंको जोड़ दिया। इसी कारण उसका नाम जरासन्ध पड़ा ॥ ९४–९६ ॥ जरासन्धने अपने पराक्रमसे सब क्षत्रियोंको जीत लिया था। जरासन्धका परम प्रतापी पुत्र सहदेव, सहदेवका पुत्र श्रीमान् यशस्वी उदायु और उदायुका पुत्र श्रुतधर्मा हुआ, वह मगधदेशमें राज करता था। महाराज कुरुके द्वितीय पुत्र परीक्षितके धर्मात्मा जनमेजय हुए ॥९७–९९॥ जनमेजयके श्रुतसेन, उग्रसेन और भीमसेन नामके तीन पुत्र उत्पन्न हुए ॥ १०० ॥ वे तीनों पुत्र असाधारण वीर और बलवान् थे। इनके अतिरिक्त जनमेजयके सुरथ और मतिमान् नामके दो अन्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुत्र भी हुए थे ॥१०१॥१०२॥ उनमें सुरथका पुत्र बलवान् विदूरथ और विदूरथका पुत्र महारथी ऋक्ष हुआ। यह ऋक्ष भी कुरुके पितामह ऋक्षके समान ही सामर्थ्यसम्पन्न था। हे राजन् जनमेजय! इस प्रकार आपके वंशमें दो ऋक्ष, दो परीक्षित, तीन भीमसेन और दो जनमेजय हो गये हैं। द्वितीय ऋक्षका पुत्र भीमसेन, भीमसेनका पुत्र प्रतीप, प्रतीपके तीन पुत्र महारथी शन्तनु, देवापि और बाह्लकि हुए ॥ १०३–१०५ ॥ हे राजन्! आपने जिस वंशमें जन्म पाया है, वह शन्तनुका ही वंश है। महाराज बाह्लिकका राज्य ज्ञान-विज्ञान आदि सप्त साधनोंसे सम्पन्न था ॥ १०६ ॥ महाराज बाह्लिकका पुत्र महायशस्वी सोमदत्त और सोमदत्तके भूरिश्रवा और शल नामके तीन पुत्र हुए ॥ १०७ ॥ देवताओंके अध्यापक देवापिने मुनिधर्मका अवलम्बन कर लिया था। इस कारण महर्षि च्यवनने उसे पुत्ररूपमें स्वीकार कर लिया और उसपर पुत्रवत् स्नेह रखते थे ॥१०८॥ हे राजन्! अब मैं उस शन्तनुवंशका वृत्तान्त बताऊँगा, जिसमें आपका जन्म हुआ है। कौरवधुरन्धर शन्तनु जब राज्यपदपर आसीन हो गये, उसके बाद गङ्गाके गर्भसे देवव्रत नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। देवव्रत भीष्म नामसे

ऋक्षस्य तु द्वितीयस्य भीमसेनोऽभवत्सुतः ॥१०४॥ प्रतीपो भीमसेनस्य प्रतीपस्य तु शन्तनुः ॥ देवापिर्बाह्लिकश्चैव त्रय एव महारथाः ॥ १०५ ॥
शन्तनोः प्रसवस्त्वेष यत्र जातोऽसि पार्थिव ॥ बाह्लिकस्य तु राज्यं वै सप्तबाह्यं नरेश्वर ॥ १०६ ॥ बाह्लिकस्य सुतश्चैव सोमदत्तो महायशाः ॥
जज्ञिरे सोमदत्तात्तु भूरिर्भूरिश्रवा शलः ॥ १०७ ॥ उपाध्यायस्तु देवानां देवापिरभवन्मुनिः ॥ च्यवनस्य कृतः पुत्र इष्टश्चासीन्महात्मनः ॥१०८॥
शन्तनुस्त्वभवद्राजा कौरवाणां धुरन्धरः ॥ शन्तनोः संप्रवक्ष्यामि यत्र जातोऽसि पार्थिव ॥ १०९ ॥ गाङ्गं देवव्रतं नाम पुत्रं सोऽजनयत्प्रभुः ॥
स तु भीष्म इति ख्यातः पाण्डवानां पितामहः ॥११०॥ काली विचित्रवीर्यं तु जनयामास भारत ॥ शन्तनोर्दयितं पुत्रं धर्मात्मानमकल्मषम् ॥१११॥
कृष्णद्वैपायनश्चैव क्षेत्रे वैचित्रवीर्यके ॥ धृतराष्ट्रं च पाण्डुं च विदुरं चाप्यजीजनत् ॥ ११२ ॥ धृतराष्ट्रश्च गान्धार्यां पुत्रानुत्पादयच्छतम् ॥ तेषां
दुर्योधनः श्रेष्ठः सर्वेषामेव स प्रभुः ॥ ११३ ॥ पाण्डोर्धनञ्जयः पुत्रः सौभद्रस्तस्य चात्मजः ॥ अभिमन्योः परीक्षित्तु पिता तव जनेश्वर ॥११४॥
एष ते पौरवो वंशो यत्र जातोऽसि पार्थिव ॥ तुर्वसोस्तु प्रवक्ष्यामि द्रुह्योश्चानोर्यदोस्तथा ॥ ११५ ॥ सुतस्तु तुर्वसोर्वह्निर्गोभानुरात्मजः ॥ गोभा-
नोस्तु सुतो राजा त्रैसानुरपराजितः ॥ ११६ ॥ करन्धमस्तु त्रैसानोर्मरुत्तस्तस्य चात्मजः ॥ अन्यस्त्वावीक्षितो राजा मरुत्तः कथितस्तव ॥११७॥

विख्यात हुए। वे कौरव वंशके पितामह थे ॥१०९॥११०॥ कालीके गर्भसे शन्तनुके एक पुत्र और हुआ, जिसका नाम था विचित्रवीर्य। विचित्रवीर्य धर्मात्मा, पापकर्मशून्य और महाराज शन्तनुके प्रिय थे ॥१११॥ कृष्णद्वैपायन व्यासने विचित्रवीर्यके क्षेत्रसे धृतराष्ट्र, पाण्डु और विदुर ये तीन पुत्र उत्पन्न किये ॥ ११२ ॥ धृतराष्ट्रने गान्धारीके गर्भसे सौ पुत्र उत्पन्न किये। उन सौ पुत्रोंमें दुर्योधन सर्वश्रेष्ठ और सामर्थ्यसम्पन्न था ॥११३॥ पाण्डुके पुत्र धनञ्जय (अर्जुन) और धनंजयका पुत्र अभिमन्यु हुआ। आपके पिता परीक्षित अभिमन्युके पुत्र थे ॥११४॥ हे महाराज! आपने जिस पूरुवंशमें जन्म लिया है, उसका इतिहास बता चुका। अब तुर्वसु, द्रुह्यु, अनु और यदुवंशका वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए ॥ ११५ ॥ तुर्वसुका पुत्र वह्नि, वह्निका पुत्र गोभानु, गोभानुका पुत्र विजयी राजा त्रैसानु, त्रैसानुका पुत्र करन्धम, करंधमका पुत्र मरुत्त हुआ। आविक्षित मरुत्त इनसे भिन्न थे। यह मैं पहले ही बता चुका हूँ ॥११६॥११७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राजा मरुत्तने अनेक यज्ञ किये और बड़ी-बड़ी दक्षिणायें दीं, किन्तु उनके कोई पुत्र नहीं हुआ। सम्मता नामकी केवल एक कन्या थी ॥११८॥ उन्होंने महात्मा संवर्तको वह कन्या दक्षिणाके रूपमें दे दी थी। बादमें उस कन्यासे ही पूरुवंशमें उत्पन्न पवित्रचरित्र महाराज दुष्यन्तका जन्म हुआ ॥ ११९ ॥ जरासंक्रमण (वृद्धावस्थाके) समय राजा ययातिके शापसे तुर्वसुका वंश भी पूरुवंशमें सम्मिलित हो गया ॥ १२० ॥ दुष्यन्तका पुत्र करुत्थाम और करुत्थामका पुत्र तथाक्रीड हुआ। तथाक्रीडके चार पुत्र हुए–पाण्ड्य, केरल, कोल और राजा चोल। इन चारों पुत्रोंके सुसमृद्ध राज्य भी पाण्ड्य, केरल और चोल नामसे विख्यात थे ॥ १२१ ॥ १२२ ॥ द्रुह्युके बभ्रु और सेतु नामके दो पुत्र थे। उनमें सेतुका पुत्र अङ्गार हुआ। अङ्गार मरुत्पति नामसे भी विख्यात था ॥ १२३ ॥ चौदह मास घोरतर युद्धके बाद बड़ी कठिनाईसे राजा यौवनाश्वने उसे रणभूमिमें मारा था ॥ १२४ ॥ अङ्गारका पुत्र गान्धार हुआ।

अनपत्योऽभवद्राजा यज्वा विपुलदक्षिणः ॥ दुहिता सम्मता नाम तस्यासीत्पृथिवीपतेः ॥ ११८ ॥ दक्षिणार्थं स्म वै दत्ता संवर्त्ताय महात्मने ॥ दुष्यन्तं पौरवं चापि लेभे पुत्रमकल्मषम् ॥ ११९ ॥ एवं ययातेः शापेन जरासंक्रमणे तदा ॥ पौरवं तुर्वसोर्वंशः प्रविवेश नृपोत्तम ॥ १२० ॥ दुष्यन्तस्य तु दायादः करुत्थामः प्रजेश्वरः ॥ करुत्थामात्तथाक्रीडश्चत्वारस्तस्य चात्मजाः ॥ १२१ ॥ पाण्ड्यश्च केरलश्चैव कोलश्चोलश्च पार्थिवः ॥ तेषां जनपदाः स्फीताः पाण्ड्याश्चोलाः सकेरलाः ॥ १२२ ॥ द्रुह्योश्च तनयो राजन्बभ्रुः सेतुश्च पार्थिवः ॥ अङ्गारसेतुस्तत्पुत्रो मरुतां पतिरुच्यते ॥ १२३ ॥ यौवनाश्वेन समरे कृच्छ्रेण निहतो बली ॥ युद्धं सुमहदस्यासीन्मासान्परि चतुर्दश ॥ १२४ ॥ अङ्गारस्य तु दायादो गान्धारो नाम भारत ॥ ख्यायते तस्य नाम्ना वै गान्धारविषयो महान् ॥ १२५ ॥ गान्धारविषयाश्चैव तुरंगा वाजिनां वराः ॥ अनोस्तु पुत्रो धर्मोऽभूद्घृतस्तस्यात्मजोऽभवत् ॥ १२६ ॥ घृतात्तु दुदुहो जज्ञे प्रचेतास्तस्य चात्मजः ॥ प्रचेतसः सुचेतास्तु कीर्तिता ह्यनवो मया ॥ १२७ ॥ यदोर्वंशं प्रवक्ष्यामि ज्येष्ठस्योत्तमतेजसः ॥ विस्तरेणानुपूर्व्यात्तु गदतो मे निशामय ॥ १२८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पुरुवंशानुकीर्तने द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ बभूवुस्तु यदोः पुत्राः पंच देवसुतोपमाः ॥ सहस्रदः पयोदश्च क्रोष्टा नीलोऽञ्जिकस्तथा ॥१॥ सहस्रदस्य दायादास्त्रयः

उसका राज्य भी गान्धार नामसे विख्यात था ॥ १२५ ॥ गान्धार देशके घोड़े सर्वश्रेष्ठ माने जाते थे। अनुका पुत्र धर्म, धर्मका पुत्र घृत, घृतका पुत्र दुदुह, दुदुहका पुत्र प्रचेता और प्रचेताका पुत्र सुचेता हुआ। हे राजन्! इस प्रकार मैंने आपको अनुवंशका इतिहास कह सुनाया। अब मैं उत्तमतेजा और सर्वश्रेष्ठ महाराज यदुकी वंशावलीका विस्तृतरूपसे वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए ॥ १२६–१२८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३२ ॥

(यदुवंशका इतिहास और कार्तवीर्यकी उत्पत्ति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! राजा यदुके देवकुमारोंके समान सुन्दर पाँच पुत्र हुए। उनके नाम थे—सहस्रद, पयोद,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्रोष्टा, नील और अञ्जिक ॥ १ ॥ सहस्रदके तीन पुत्र हुए—हैहय, हय और वेणुहय ॥ २ ॥ हैहयका पुत्र धर्मनेत्र, धर्मनेत्रका पुत्र कार्त्त और कार्त्तका पुत्र साहञ्ज हुआ ॥ ३ ॥ साहञ्जने साहञ्जनीपुरी बसायी थी। साहञ्जका पुत्र महिष्मान् हुआ। इसीने माहिष्मती पुरी बसायी थी। महिष्मान्‌का पुत्र भद्रश्रेण्य हुआ। राजा भद्रश्रेण्य काशीपुरीका स्वामी था। यह मैं पहले ही बता चुका हूँ। भद्रश्रेण्यका पुत्र दुर्दम हुआ ॥ ४–६ ॥ दुर्दमका बुद्धिमान् पुत्र कनक हुआ और कनकके चार पुत्र हुए—कृतवीर्य, कृतौजा, कृतवर्मा और कृताग्नि। इनमें कृतवीर्यका पुत्र अर्जुन हुआ ॥ ७ ॥ ८ ॥ यह कृतवीर्यका पुत्र कार्तवीर्य अर्जुन सूर्यसदृश तेजस्वी रथपर सवार होकर अपनी हजार भुजाओंके बलसे अकेले सप्तद्वीपवती पृथिवीको जीतकर उसका अधिपति बन गया ॥९॥ उसने दस हजार वर्षतक कठोर तपस्या करके अत्रिपुत्र दत्तात्रेयका आराधन किया ॥१०॥ जिससे प्रसन्न होकर दत्तात्रेयने उसे चार वर दिये। उन चारोंमें

परमधार्मिकाः ॥ हैहयश्च हयश्चैव राजन्वेणुहयस्तथा ॥२॥ हैहयस्याभवत्पुत्रो धर्मनेत्र इति स्मृतः ॥ धर्मनेत्रस्य कार्तस्तु साहञ्जस्तस्य चात्मजः ॥३॥ साहञ्जनी नाम पुरी येन राज्ञा निवेशिता ॥ साहञ्जस्य तु दायादो महिष्मान्नाम पार्थिवः ॥ ४ ॥ माहिष्मती नाम पुरी येन राज्ञा निवेशिता ॥ आसीन्महिष्मतः पुत्रो भद्रश्रेण्यः प्रतापवान् ॥ ५ ॥ वाराणस्यधिपो राजा कथितः पूर्वमेव तु ॥ भद्रश्रेण्यस्य पुत्रस्तु दुर्दमो नाम विश्रुतः ॥ ६ ॥ दुर्दमस्य सुतो धीमान्कनको नाम वीर्यवान् ॥ कनकस्य तु दायादाश्चत्वारो लोकविश्रुताः ॥ ७ ॥ कृतवीर्यः कृतौजाश्च कृतवर्मा तथैव च ॥ कृताग्निस्तु चतुर्थोऽभूत्कृतवीर्यात्तथाऽर्जुनः ॥ ८ ॥ यस्तु बाहुसहस्रेण सप्तद्वीपेश्वरोऽभवत् ॥ जिगाय पृथिवीमेको रथेनादित्यवर्चसा ॥ ९ ॥ स हि वर्षायुतं तप्त्वा तपः परमदुश्चरम् ॥ दत्तमाराधयामास कार्तवीर्योऽत्रिसंभवम् ॥ १० ॥ तस्मै दत्तो वरान्प्रादाच्चतुरो भूरितेजसः ॥ पूर्वं बाहुसहस्रं तु प्रार्थितं सुमहद्वरम् ॥ ११ ॥ अधर्मे वर्तमानस्य सद्भिस्तत्र निवारणम् ॥ उग्रेण पृथिवीं जित्वा स्वधर्मेणानुरंजनम् ॥ १२ ॥ संग्रामान्सुबहून्कृत्वा हत्वा चारीन्सहस्रशः ॥ संग्रामे वर्तमानस्य वधं चाप्यधिकाद्रणे ॥ १३ ॥ तस्य बाहुसहस्रं तु युध्यतः किल भारत ॥ योगाद्योगेश्वरस्येव प्रादुर्भवति मायया ॥ १४ ॥ तेनेयं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा सपत्तना ॥ ससमुद्रा सनगरा उग्रेण विधिना जिता ॥ १५ ॥ तेन सप्तसु द्वीपेषु सप्त यज्ञशतानि वै ॥ कृतानि विधिना राज्ञा श्रूयन्ते जनमेजय ॥ १६ ॥ सर्वे यज्ञा महाबाहोस्तस्यासन्भूरिदक्षिणाः ॥ सर्वे कांचनयूपाश्च सर्वे कांचनवेदयः ॥ १७ ॥ सर्वैर्देवैर्महाराज विमानस्थैरलंकृताः ॥ गन्धर्वैरप्सरोभिश्च नित्यमेवोपशोभिताः ॥ १८ ॥ यस्य यज्ञे जगौ

प्रथम वरसे सहस्र भुजाओंकी प्राप्ति, द्वितीय वरसे विधर्मियोंका विनाश, तृतीय वरसे क्षत्रियधर्मानुसार पृथिवीपर विजय प्राप्त करके प्रजाको सन्तोष प्रदान और चतुर्थ वरसे असंख्य शत्रुओंका विनाश करके विजयप्राप्ति और अन्तमें किसी प्रबल शत्रुके हाथ मरण ॥ ११–१३॥ कार्तवीर्य अर्जुन जब युद्ध करने लगता था तो बड़े-बड़े योगियोंके समान संकल्पमात्रसे उसके सहस्र भुजाएँ उत्पन्न हो जाती थीं ॥ १४ ॥ ऐसा सुना जाता है कि उसने सात द्वीपोंवाली, बड़े-बड़े नगरों एवं समुद्रोंयुक्त सारी पृथिवी क्षत्रियधर्मके अनुसार जीत ली और सातों द्वीपोंमें विधिवत् सात सौ यज्ञ किये ॥ १५ ॥ १६ ॥ महाबाहु कार्तवीर्यने प्रत्येक यज्ञमें प्रचुर दक्षिणा दी और प्रत्येक यज्ञमें सोनेके यूप तथा सोनेकी ही वेदियाँ बनी थीं ॥ १७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विमानविहारी देवताओं, अप्सराओं और गन्धर्वोंने नित्य उसके यज्ञोंमें सम्मिलित होकर उनकी शोभा बढ़ायी थी ॥ १८ ॥ गन्धर्वराज वरीदासके पुत्र गन्धर्व नारद उसके सभी यज्ञोंमें गुणगानके लिए नियुक्त हुए थे। वे कार्तवीर्यका प्रभाव देखकर चकित हो गये थे ॥ १९ ॥ नारदने कहा—यज्ञ, दान, तपस्या, पराक्रम तथा शास्त्रज्ञानमें कोई भी राजा कार्तवीर्यका बराबरी नहीं कर सकता ॥ २० ॥ सप्तद्वीपके निवासी लोग उसे एक ही समय ढाल, तलवार तथा धनुष धारणपूर्वक रथपर सवार होकर परिभ्रमण करते तथा योगाभ्यासमें संलग्न देखते थे ॥२१॥ इस प्रकार वह प्रभाव तथा धर्मके अनुसार प्रजारक्षणका कार्य करता था कि उसके शासनकालमें कभी किसी वस्तुकी कमी, शोक तथा भ्रम नहीं दिखायी देता था ॥२२॥ कार्तवीर्यने पचासी हजार वर्ष राज्य करके सम्राट् तथा चक्रवर्तीकी पदवी प्राप्त की और संसारके सभी रत्नोंका उपभोग किया ॥ २३ ॥ उस समय अपने योगबलसे वही क्षेत्रपाल, वही पशुपाल और वही जलवर्षी मेघके रूपमें परिणत हो गया था ॥२४॥ रणभूमिमें जब प्रत्यंचाकी रगड़से कठिन त्वचायुक्त उसकी सहस्र भुजायें उत्पन्न हो जातीं, तब वे शरत्कालीन सहस्र-

गाथां गन्धर्वो नारदस्तथा ॥ वरीदासात्मजो विद्वान्महिम्ना तस्य विस्मितः ॥ १९ ॥ नारद उवाच ॥ न नूनं कार्त्तवीर्यस्य गतिं यास्यन्ति पार्थिवाः ॥ यज्ञैर्दानैस्तपोभिर्वा विक्रमेण श्रुतेन च ॥२०॥ स हि सप्तसु द्वीपेषु खड्गी चर्मी शरासनी ॥ रथी द्वीपाननुचरन्योगी संदृश्यते नृभिः ॥२१॥ अनष्टद्रव्यता चैव न शोको न च विभ्रमः ॥ प्रभावेण महाराज्ञः प्रजा धर्मेण रक्षतः ॥ २२ ॥ पंचाशीतिसहस्राणि वर्षाणां वै नराधिपः ॥ स सर्वरत्नभाक्सम्राट् चक्रवर्ती बभूव ह ॥ २३ ॥ स एव यज्ञपालोऽभूत्क्षेत्रपालः स एव च ॥ स एव वृष्ट्या पर्जन्यो योगित्वादर्जुनोऽभवत् ॥ २४ ॥ स वै बाहुसहस्रेण ज्याघातकठिनत्वचा ॥ भाति रश्मिसहस्रेण शरदीव दिवाकरः ॥ २५ ॥ स हि नागान्मनुष्येषु माहिष्मत्यां महाद्युतिः ॥ कर्कोटकसुताञ्जित्वा पुर्यां तस्यां न्यवेशयत् ॥ २६ ॥ स वै वेगं समुद्रस्य प्रावृट्कालेऽम्बुजेक्षणः ॥ क्रीडन्निव भुजोद्भिन्नं प्रतिस्रोतश्चकार ह ॥ २७ ॥ लुण्ठिता क्रीडता तेन फेनस्रग्दाममालिनी ॥ चलदूर्मिसहस्रेण शङ्किताऽभ्येति नर्मदा ॥ २८ ॥ तस्य बाहुसहस्रेण क्षुभ्यमाणे महोदधौ ॥ भयान्निलीना निश्चेष्टाः पातालस्था महासुराः ॥ २९ ॥ चूर्णीकृतमहावीचिं चलन्मीनमहातिमिम् ॥ मारुताविद्धफेनौघमावर्त्तक्षोभदुःसहम् ॥ ३० ॥ प्रावर्तयत्तदा राजा सहस्रेण च बाहुना ॥ देवासुरसमाक्षिप्तः क्षीरोदमिव मन्दरः ॥ ३१ ॥ मन्दरक्षोभचकिता अमृतोद्भवशंकिताः ॥ सहसोत्पतिता

किरणधारी सूर्यकी शोभा धारण कर लेती थी ॥२५॥ उस महातेजस्वी वीरने कर्कोटकतनय नागगणोंको पराजित करके उन्हें माहिष्मती पुरीमें बसा लिया था ॥२६॥ उसकी लीलामयी भुजाओंके बलसे वर्षाकालीन समुद्रका वेग भी प्रतिकूल बहने लगता था ॥ २७ ॥ फेनमालासे शोभायमान नर्मदा नदी जैसे उसके स्पर्शभयसे ही अपनी तरंगों द्वारा लुढ़कती हुई समुद्रकी ओर जाती थी ॥ २८ ॥ देवताओं और दैत्योंके मिलकर मन्दराचल पर्वत द्वारा मन्थन करते समय जैसे क्षीरसमुद्र क्षुब्ध हो गया था। उसी तरह कार्तवीर्यकी सहस्र भुजाओंसे भी समुद्रमें विक्षोभ उत्पन्न हो गया और पातालमें रहनेवाले सभी बड़े-बड़े राक्षस भयवश स्तब्धभावसे खड़े देखते रह गये ॥२९॥ उसकी भुजाओंकी थपेड़से समुद्रकी भीषण तरंगमालायें छिन्न-भिन्न हो गयीं। बड़े-बड़े मत्स्य और तिमि विचलित हो उठे। वायुके वेगसे जहाँ-तहाँ फेनराशियाँ एकत्र हो गयीं और बीच-बीचमें दुःसह आवर्तसमूह दिखायी देने लगा ॥ ३० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पातालतलनिवासी भीषणाकार भुजंग यह समझकर कि फिरसे समुद्र मन्थन हो रहा है और पुनः अमृत उत्पन्न होगा, इस आशंकासे वे पातालसे ऊपर चले आये और उन्होंने भीषणकाय कार्तवीर्य अर्जुनको देखते ही विनम्रभावसे मस्तक झुका लिया। उसके भयसे वायु सायंकालके समय इतने ही वेगसे बहता था कि जितनेसे केलेके पत्ते हिलने लगें ॥ ३१–३३ ॥ जब लंकेश्वर रावण बहुत अभिमानी हो गया तो कार्तवीर्य अर्जुनने पाँच बाणोंसे घायल करके उसे मूर्छित कर दिया और हठात् अपनी माहिष्मतीपुरीकी जेलमें बन्द कर दिया ॥ ३४ ॥ रावणके पिता महर्षि पुलस्त्यको जब इस बातका पता लगा तो वे स्वयं कार्तवीर्यके पास गये और अनेक प्रकारके अनुनय-विनय करनेपर उसने रावणको छोड़ दिया ॥ ३५ ॥ जिस समय उसकी हजारों भुजाओं द्वारा धनुषकी प्रत्यञ्चाका टंकोर होता था तो ऐसा लगता था कि मानो प्रलयकालके मेघ गर्जन कर रहे हैं और वज्रपात हो रहा है ॥ ३६ ॥ हाय ! उस

भीता भीमं दृष्ट्वा नृपोत्तमम् ॥ ३२ ॥ नता निश्चलमूर्द्धानो बभूवुस्ते महोरगाः ॥ सायाह्ने कदलीखण्डे कम्पितास्तस्य वायुना ॥ ३३ ॥ स वै बद्ध्वा धनुर्ज्याभिरुत्सिक्तं पंचभिः शरैः ॥ लंकेशं मोहयित्वा तु सबलं रावणं बलात् ॥ निर्जित्यैव समानीय माहिष्मत्यां बबन्ध तम् ॥ ३४ ॥ श्रुत्वा तु बद्धं पौलस्त्यं रावणं त्वर्जुनेन तु ॥ ततो गत्वा पुलस्त्यस्तमर्जुनं ददृशे स्वयम् ॥ मुमोच रक्षः पौलस्त्यं पुलस्त्येनानुयाचितः ॥ ३५ ॥ यस्य बाहुसहस्रस्य बभूव ज्यातलस्वनः ॥ युगान्ते त्वम्बुदस्येव स्फुटतो ह्यशनेरिव ॥ ३६ ॥ अहो बत मृधे वीर्यं भार्गवस्य यदच्छिनत् ॥ राज्ञो बाहुसहस्रं तु हैमं तालवनं यथा ॥ ३७ ॥ तृषितेन कदाचित्स भिक्षितश्चित्रभानुना ॥ स भिक्षामददाद्वीरः सप्तद्वीपान्विभावसोः ॥ ३८ ॥ पुराणि ग्रामघोषांश्च विषयांश्चैव सर्वशः ॥ जज्वाल तस्य सर्वाणि चित्रभानुदिधक्षया ॥ ३९ ॥ स तस्य पुरुषेन्द्रस्य प्रभावेण महात्मनः ॥ ददाह कार्त्तवीर्यस्य शैलांश्चैव वनानि च ॥ ४० ॥ स शून्यमाश्रमं रम्यं वरुणस्यात्मजस्य वै ॥ ददाह वनवद्दीतश्चित्रभानुः सहैहयः ॥ ४१ ॥ यं लेभे वरुणः पुत्रं पुरा भास्वन्तमुत्तमम् ॥ वसिष्ठं नाम स मुनिः ख्यात आपव इत्युत ॥ ४२ ॥ यत्रापवस्तु तं क्रोधाच्छप्तवानर्जुनं विभुः ॥ यस्मान्न वर्जितमिदं वनं ते मम हैहय ॥ ४३ ॥ तस्मात्ते दुष्करं कर्म कृतमन्यो हनिष्यति ॥ रामो नाम महाबाहुर्जामदग्न्यः प्रतापवान् ॥ ४४ ॥ छित्वा बाहुसहस्रं ते प्रमथ्य तरसा बली ॥ तपस्वी ब्राह्मणश्च त्वां वधिष्यति स भार्गवः ॥ ४५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अनष्टद्रव्यता

कार्तवीर्य अर्जुनकी भी वे हेममयी हजारों भुजायें परशुरामके बलसे तालवनकी तरह कटकर भूमिमें गिर गयीं ॥ ३७ ॥ हे राजन् ! एक दिन अग्निदेवने क्षुधार्त होकर कार्तवीर्यसे भिक्षा माँगी। तब उसने उन्हें सातों द्वीप भिक्षामें दे दिया ॥ ३८ ॥ तब अग्निदेव सभी नगरों, ग्रामों और पुरोंको ग्रसित करनेके विचारसे धधक उठे ॥ ३९ ॥ उन्होंने कार्तवीर्य अर्जुनके प्रभावसे सभी वनों तथा पर्वतोंको भस्म करना आरम्भ कर दिया ॥ ४० ॥ कार्तवीर्यकी सहायतासे अग्निदेवने वरुणपुत्र आपव (वसिष्ठ) के रमणीय आश्रमको भी जंगलके समान जलाने लगे ॥ ४१ ॥ पूर्वकालमें वरुणदेवने जिन्हें पुत्ररूपमें प्राप्त किया था, वे ही आपव नामसे विख्यात वसिष्ठ मुनि थे ॥ ४२ ॥ आश्रम भस्म होते देखकर कुपित महामुनि वसिष्ठने कहा—हे हैहय ! जब तुमने मेरे आश्रमको भी नहीं छोड़ा तो भृगुकुलोत्पन्न ब्राह्मण, तपस्वी, महाबाहु और प्रबल प्रतापी जमदग्नितनय परशुराम तुम्हारी हजारों भुजायें काटकर तुम्हारा वध करेंगे ॥ ४३–४५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! कार्तवीर्य अर्जुनके धर्मानुसार प्रजापालन कार्य प्रारम्भ करनेपर उसके प्रभावसे प्रजाकी तनिक भी हानि नहीं हुई, वही महाबली अर्जुन वसिष्ठके शापसे परशुराम द्वारा मार डाला गया। क्योंकि उसने दत्तात्रेयसे स्वयं यह वर माँग लिया था कि 'मुझसे भी अधिक बलवान्के हाथों मेरी मृत्यु हो' ॥४६॥४७॥ कार्तवीर्यके सौ पुत्रोंमेंसे शूरसेन, शूर, धृष्ण, कृष्ण और जयध्वज ये ही पाँच पुत्र बाकी बचे थे। वे पाँचों ही अस्त्रकुशल, बलवान्, पराक्रमी, धर्मात्मा और यशस्वी थे। उनमेंसे जयध्वज अवन्तिदेशका शासक था। जयध्वजका पुत्र तालजंघ नामसे विख्यात था ॥४८–५०॥ उसके सौ पुत्र थे और वे सब भी तालजंघ नामसे प्रसिद्ध थे। इन सभी हैहयवंशी महापुरुषोंके कुलमें उत्पन्न वीतिहोत्र, सुजात, भोज, आवन्ति, तौण्डिकेर, भरत और विक्रान्त नामके राजे तालजंघके वंशज कहलाते थे। उनका वंश बहुत विस्तृत था। आधिक्यके कारण पूर्ण रीतिसे उनके नाम नहीं गिनाये। हे महाराज जनमेजय ! वृष

यस्य बभूवामित्रकर्शन ॥ प्रभावेण नरेन्द्रस्य प्रजा धर्मेण रक्षतः ॥ ४६ ॥ रामात्ततोऽस्य मृत्युर्वै तस्य शापान्मुनेर्नृप ॥ वरश्चैष हि कौरव्य
स्वयमेव वृतः पुरा ॥ ४७ ॥ तस्य पुत्रशतस्यासन्पंच शेषा महात्मनः ॥ कृतास्त्रा बलिनः शूरा धर्मात्मानो यशस्विनः ॥ ४८ ॥ शूरसेनश्च
शूरश्च धृष्टोक्तः कृष्ण एव च ॥ जयध्वजश्च नाम्नाऽऽसीदावन्त्यो नृपतिर्महान् ॥ ४९ ॥ कार्त्तवीर्यस्य तनया वीर्यवन्तो महारथाः ॥ जयध्व-
जस्य पुत्रस्तु तालजङ्घो महाबलः ॥ ५० ॥ तस्य पुत्राः शतं ख्यातास्तालजङ्घा इति श्रुताः ॥ तेषां कुले महाराज हैहयानां महात्मनाम्
॥ ५१ ॥ वीतिहोत्राः सुजाताश्च भोजाश्चावन्तयः स्मृताः ॥ तौण्डिकेरा इति ख्यातास्तालजङ्घास्तथैव च ॥ ५२ ॥ भरताश्च सुता जाता बहुत्वा-
न्नानुकीतिताः ॥ वृषप्रभृतयो राजन् यादवाः पूर्णकर्मिणः ॥५३॥ वृषो वंशधरस्तत्र तस्य पुत्रोऽभवन्मधुः ॥ मधोः पुत्रशतं त्वासीद्वृषणस्तस्य वंश-
भाक् ॥ ५४ ॥ वृषणाद्वृष्णयः सर्वे मधोस्तु माधवाः स्मृताः ॥ यादवा यदुना चाग्रे निरुच्यन्ते च हैहयाः ॥ ५५ ॥ शूराश्च शूरवीराश्च शूरसेना-
स्तथाऽनघ ॥ शूरसेन इति ख्यातस्तस्य देशो महात्मनः ॥ ५६ ॥ न तस्य वित्तनाशोऽस्ति नष्टं प्रतिलभेच्च सः ॥ कार्तवीर्यस्य यो जन्म कीर्त-
येदिह नित्यशः ॥ ५७ ॥ एते ययातिपुत्राणां पञ्च वंशा विशांपते ॥ कीर्तिता लोकवीराणां ये लोकान्धारयन्ति वै ॥ ५८ ॥ भूतानिव महाराज पञ्च
स्थावरजङ्गमान् ॥ श्रुत्वा पञ्चविसर्गं तु राजा धर्मार्थकोविदः ॥ वशी भवति पञ्चानामात्मजानां तथेश्वरः ॥ ५९ ॥ लभेत्पञ्च वरांश्चैव दुर्लभानिह

वृषणसे आदि यदुवंशी बड़े ही पुण्यात्मा थे ॥५१–५३॥ महात्मा वृष ही इस वंशके वंशधर थे। वृषका पुत्र मधु हुआ और मधुके सौ पुत्र हुए। उनमें वृषणसे ही इस वंशका विस्तार हुआ ॥५४॥ वृषणसे वृष्णिगण, मधुसे माधवगण एवं यदुसे यादव तथा हैहयगणका प्रादुर्भाव हुआ ॥५५॥ हे राजन् ! इन सभी गणोंके शूर, शूरवीर और शूरसेन राजे शूरसेन नामसे विख्यात थे और उनका राज्य भी शूरसेन कहलाता था ॥ ५६ ॥ जो लोग नित्य कार्तवीर्यकी जन्मगाथाका पाठ करते हैं, उनके धननाशकी बात तो दूर रही—बल्कि नष्ट धन भी उन्हें पुनः प्राप्त हो जाता है ॥ ५७ ॥ हे राजन् ! इस प्रकार मैंने आपको महात्मा ययातिके जो पाँच पुत्र पञ्चतत्त्वके समान पृथिवीको धारण करते थे, उनके वंशका इतिहास कह सुनाया ॥ ५८ ॥ धर्म और अर्थके तत्त्वको जाननेवाला जो राजा इन पाँच ययातिपुत्रोंका वंशवृत्तान्त सुनता या हृदयङ्गम करता है, वह अपनी पाँचों इन्द्रियोंका निग्रह करनेमें समर्थ हो जाता है और आयु, कीर्ति,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुत्र, ऐश्वर्य तथा भूमि ये मर्त्यलोकदुर्लभ पाँच वर प्राप्त कर लेता है ॥ ५९ ॥ ६० ॥ हे राजेन्द्र ! अब आप उत्तम कोटिके पुरुषार्थसम्पन्न क्रोष्टुवंशका वृत्तान्त सुनिए। क्योंकि इसी वंशमें वृष्णिकुलतिलक कृष्ण भगवानने जन्म लिया था। इस क्रोष्टुवंशका वर्णन सुनकर प्राणी सब पापोंसे मुक्त हो जाता है। इसे आप मुझसे सुनिए ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३३ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पुण्यात्मा राजा क्रोष्टुकी दो भार्यायें थीं—माद्री और गान्धारी। उनमें गान्धारीने महाबली अनमित्र नामका पुत्र और माद्रीने युधाजित् तथा देवमीढुष नामके दो पुत्र उत्पन्न किये। इन्हीं तीनों पुत्रोंसे वृष्णिवंश तीन भागोंमें विभक्त हो गया ॥ १ ॥ २ ॥ माद्रीतनय युधाजित्के वृष्णि और अन्धक नामके दो पुत्र उत्पन्न

लौकिकान् ॥ आयुः कीर्तिं तथा पुत्रानैश्वर्यं भूमिमेव च ॥ धारणाच्छ्रवणाच्चैव पञ्चवर्गस्य भारत ॥६०॥ क्रोष्टोस्तु शृणु राजेन्द्र वंशमुत्तमपौरुषम् ॥ यदोर्वंशधरस्याथ यज्वनः पुण्यकर्मणः ॥ ६१ ॥ क्रोष्टोर्हि वंशं श्रुत्वेमं सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ यस्यान्ववायजो विष्णुर्हरिर्वृष्णिकुलोद्वहः ॥ ६२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ गान्धारी चैव माद्री च क्रोष्टोर्भार्ये बभूवतुः ॥ गान्धारी जनयामास अनमित्रं महाबलम् ॥ १ ॥ माद्री युधाजितं पुत्रं ततोऽन्यं देवमीढुषम् ॥ तेषां वंशस्त्रिधा भूतो वृष्णीनां कुलवर्धनः ॥ २ ॥ माद्र्याः पुत्रस्य जज्ञाते सुतौ वृष्ण्यन्धकावुभौ ॥ जज्ञाते तनयौ वृष्णेः श्वफल्कश्चित्रकस्तथा ॥ ३ ॥ श्वफल्कस्तु महाराज धर्मात्मा यत्र वर्तते ॥ नास्ति व्याधिभयं तत्र नावर्षभयमप्युत ॥४॥ कदाचित्काशिराजस्य विभोर्भरतसत्तम ॥ त्रीणि वर्षाणि विषये नावर्षत्पाकशासनः ॥ ५ ॥ स तत्र वासयामास श्वफल्कं परमार्चितम् ॥ श्वफल्कपरिवर्ते च ववर्ष हरिवाहनः ॥ ६ ॥ श्वफल्कः काशिराजस्य सुतां भार्यामविन्दत ॥ गान्दिनीं नाम सा गां तु ददौ विप्रेषु नित्यशः ॥ ७ ॥ सा मातुरुदरस्था तु बहून्वर्षगणान्किल ॥ निवसन्ती न वै जज्ञे गर्भस्थां तां पिताऽब्रवीत् ॥ ८ ॥ जायस्व शीघ्रं भद्रं ते किमर्थमिह तिष्ठसि ॥ प्रोवाच चैवं गर्भस्था कन्या गां च दिने दिने ॥ ९ ॥ यदि दद्यां ततोऽद्याहं जाययिष्यामि तां पितः ॥ तथेत्युवाच तं चास्याः पिता काममपूरयत ॥ १० ॥ दाता यज्वा च धीरश्च

हुए। उनमें वृष्णिके भी दो पुत्र हुए—श्वफल्क और चित्रक ॥ ३ ॥ महात्मा श्वफल्क जहाँ रहते थे, वहाँ न व्याधिका भय रहता था और न अवर्षण ही होता था ॥ ४ ॥ किसी समय देवराज इन्द्रने काशीनरेशके राज्यमें निरन्तर तीन वर्षोंतक जल नहीं बरसाया। तब महाराज काशीनरेश बड़े आदरके साथ श्वफल्कको अपने राज्यमें ले आये। उनके आते ही काशीमें अच्छी वर्षा हुई। बादमें काशीनरेशने अपनी पुत्री गान्दिनीका विवाह श्वफल्कके साथ कर दिया। गान्दिनी नित्य गोदान करके ब्राह्मणोंको देती थी ॥५–७॥ वह बहुत समय तक माताके गर्भमें ही रुकी रही। एक दिन उसके पिताने कहा—"पुत्री ! तू इतने दिनोंसे गर्भवास क्यों कर रही है, शीघ्र जन्म ले।" तब कन्याने कहा—"पिताजी ! यदि आप मुझे नित्य एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गौ दान करनेकी सुविधा प्रदान करें तो मैं जन्म ले लूँ।" पिताने कन्याकी बात मान ली और उसका जन्म हो गया ॥८–१०॥ तदनन्तर श्वफल्क द्वारा गान्दिनीके गर्भसे दानी, याज्ञिक, देवज्ञ, अतिथिप्रिय और यज्ञमें प्रचुर दक्षिणा देनेवाले अक्रूर, अवासङ्ग, मद्गु, मृदुर, अरिमेजय, अविक्षिप, उपेक्ष, अरिमर्दन शत्रुघ्न, धर्मात्मा तथा यतिधर्मा गृध्रमोजा, अन्तक, आयाह और प्रतिवाह नामके पुत्र तथा एक सर्वाङ्गसुन्दरी कन्या उत्पन्न हुई ॥११–१३॥ अक्रूरकी उग्रसेनी नाम्नी बड़ी ही सुन्दर स्त्री थी। उसके गर्भसे देवतातुल्य तेजस्वी प्रसेन और उपदेव नामके दो पुत्र उत्पन्न हुए ॥ १४ ॥ श्वफल्कतनय चित्रकके पृथु, अश्वग्रीव, अश्वबाहु, सुपार्श्वक, गवेषण, अरिष्टनेमि, धार्मिकप्रवर सुधर्मा, सुबाहु और बहुबाहु नामके पुत्र एवं श्रविष्ठा तथा श्रवणा नामकी दो कन्यायें उत्पन्न हुईं ॥ १५ ॥ १६ ॥ अश्मकीके गर्भसे उत्पन्न शूर देवमीढुषका पुत्र था। शूरके द्वारा भोजकन्या महिषीके गर्भसे दस पुत्र जायमान हुए ॥ १७ ॥ उन दसों

श्रुतवानतिथिप्रियः ॥ अक्रूरः सुषुवे तस्माच्छ्वाफल्काद्भूरिदक्षिणः ॥ ११ ॥ उपासङ्गस्तथा मद्गुर्मृदुरश्चारिमेजयः ॥ अविक्षिपस्तथोपेक्षः शत्रुघ्नोऽथा-रिमर्दनः ॥ १२ ॥ धर्मभृग्यतिधर्मा च गृध्रमोजाऽन्तकस्तथा ॥ आवाहप्रतिवाहौ च सुन्दरी च वराङ्गना ॥ १३ ॥ अक्रूरेणोग्रसेनायां सुगात्र्यां कुरुनन्दन ॥ प्रसेनश्चोपदेवश्च जज्ञाते देववर्चसौ ॥ १४ ॥ चित्रकस्याभवन्पुत्राः पृथुर्विपृथुरेव च ॥ अश्वग्रीवोऽश्वबाहुश्च सुपार्श्वकगवेषणौ ॥१५॥ अरिष्टनेमिरश्वश्च सुधर्मा धर्मभृत्तथा ॥ सुबाहुर्बहुबाहुश्च श्रविष्ठाश्रवणे स्त्रियौ ॥ १६ ॥ अश्मक्यां जनयामास शूरं वै देवमीढुषः ॥ महिष्यां जज्ञिरे शूराद्भोज्यायां पुरुषा दश ॥ १७ ॥ वसुदेवो महाबाहुः पूर्वमानकदुन्दुभिः ॥ जज्ञे यस्य प्रसूतस्य दुन्दुभ्यः प्राणदन्दिवि ॥ १८ ॥ आनकानां च संह्रादः सुमहानभवद्दिवि ॥ पपात पुष्पवर्षं च शूरस्य भवने महत् ॥ १९ ॥ मनुष्यलोके कृत्स्नेऽपि रूपे नास्ति समो भुवि ॥ यस्यासीत्पुरुषाग्र्यस्य कान्तिश्चन्द्रमसो यथा ॥ २० ॥ देवभागस्ततो जज्ञे तथा देवश्रवाः पुनः ॥ अनाधृष्टिः कनवको वत्सवानथ गृञ्जिमः ॥ २१ ॥ श्यामः शमीको गण्डूषः पञ्च चास्य वराङ्गनाः ॥ पृथुकीर्तिः पृथा चैव श्रुतदेवा श्रुतश्रवाः ॥ २२ ॥ राजाऽधिदेवी च तथा पञ्चैता वीरमातरः ॥ पृथा दुहितरं वव्रे कुन्तिस्तां कुरुनन्दन ॥ २३ ॥ शूरः पूज्याय वृद्धाय कुन्तिभोजाय तां ददौ ॥ तस्मात्कुन्तीति विख्याता कुन्तिभोजात्मजा पृथा ॥ २४ ॥ अन्त्यस्य श्रुतदेवायां जगृहुः सुषुवे सुतः ॥ श्रुतश्रवायां चैद्यस्य शिशुपालो महाबलः ॥ २५ ॥ हिरण्यकशिपुर्योऽसौ दैत्यराजोऽभवत्पुरा

पुत्रोंमें वसुदेव सबसे बड़े थे। महाबाहु वसुदेवका दूसरा नाम आनकदुन्दुभि था। क्योंकि वसुदेवके जन्म लेते ही स्वर्गमें दुन्दुभी तथा नगाड़े बजने लगे थे और शूरसेनके भव्य भवनमें पुष्पवर्षा होने लगी थी ॥ १८ ॥ १९ ॥ इस मर्त्यलोकमें वसुदेवके समान सुन्दर और कोई नहीं था। उनके देहकी कान्ति चन्द्रमाके समान उज्ज्वल थी ॥ २० ॥ उनके जन्म लेनेके बाद शूरके देवभोग, देवश्रवा, अनाधृष्टि, कनवक, वत्सवान्, गृञ्जिम, श्याम, शमीक और गण्डूष ये नौ पुत्र तथा पृथुकीर्ति, पृथा, श्रुतदेवा, श्रुतश्रवा और राजाधिदेवी ये पाँच कन्यायें उत्पन्न हुईं। कुन्तिभोजने पृथाको अपनी कन्या बनानेके लिए माँगा और राजा शूरने पूज्यतम वृद्ध कुन्तिभोजको वह कन्या अर्पण कर दी। कुन्तिभोजकी कन्या होनेके नाते ही पृथा कुन्तीके नामसे विख्यात हुई ॥ २१–२४ ॥ कुन्त्य द्वारा श्रुतदेवाके गर्भसे जगृहु एवं चेदिनरेश दमघोष द्वारा श्रुतश्रवाके गर्भसे शिशुपाल नामका एक महापराक्रमी पुत्र जायमान हुआ। पूर्वजन्ममें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शिशुपाल पूर्वजन्ममें दैत्यराज हिरण्यकशिपु था। वृद्धशर्माके द्वारा पृथुकीर्तिके गर्भसे जो पुत्र उत्पन्न हुआ, वह करूपाधिपति दन्तवक्त्रके नामसे विख्यात था। राजा कुन्तिभोजने जिस पृथा (कुन्ती) को पुत्रीरूपमें पाला था, उसका विवाह महाराज पाण्डुके साथ हुआ ॥ २५ ॥ २६ ॥ २७ ॥ पृथाके गर्भसे धर्मराज द्वारा धर्मात्मा राजा युधिष्ठिर, पवनदेव द्वारा भीमसेन एवं इन्द्र द्वारा धनंजय (अर्जुन) का जन्म हुआ ॥२८॥ धनंजय इन्द्रके तुल्य पराक्रमी थे। सारे संसारमें उनके समान रथी और कोई नहीं था। वृष्णिनन्दन एवं सर्व-कनिष्ठ अनमित्रका पुत्र शिनि, शिनिका पुत्र सत्यक, सत्यकका पुत्र युयुधान अर्थात् सात्यकि, युयुधानका पुत्र असङ्ग, असङ्गका पुत्र भूमि और भूमिका पुत्र युगन्धर हुआ। बस, यहाँ ही इस वंशकी समाप्ति हो गयी। देवभागके पुत्र महाभाग उद्धव हुए। उद्धव सब पण्डितोंमें श्रेष्ठ एवं देवताओंके समान यशस्वी थे ॥ २९–३१ ॥ अश्मकीके गर्भसे अनाधृष्टिके एक यशस्वी

पृथुकीर्त्यां तु तनयः संजज्ञे वृद्धशर्मणः ॥ २६ ॥ करूषाधिपतिर्वीरो दन्तवक्त्रो महाबलः ॥ पृथां दुहितरं चक्रे कुन्तिस्तां पाण्डुरावहत् ॥ २७ ॥
यस्यां स धर्मविद्राजा धर्माज्जज्ञे युधिष्ठिरः ॥ भीमसेनस्तथा वातादिन्द्राच्चैव धनंजयः ॥ २८ ॥ लोकेऽप्रतिरथो वीरः शक्रतुल्यपराक्रमः ॥ अनमि-
त्राच्छिनिर्जज्ञे कनिष्ठाद्वृष्णिनन्दनात् ॥ २९ ॥ शैनेयः सत्यकस्तस्माद्युयुधानश्च सात्यकिः ॥ असङ्गो युयुधानस्य भूतिस्तस्याभवत्सुतः ॥ ३० ॥
भूमेर्युगंधरः पुत्र इति वंशः समाप्यते ॥ उद्धवो देवभागस्य महाभागः सुतोऽभवत् ॥ पण्डितानां परं प्राहुर्देवश्रवसमुद्धवम् ॥ ३१ ॥ अश्मक्यां
प्राप्तवान्पुत्रमनाधृष्टिर्यशस्विनम् ॥ निवृत्तशत्रुं शत्रुघ्नं देवश्रवा व्यजायत ॥ ३२ ॥ देवश्रवाः प्रजातस्तु नैषादिर्यः प्रतिश्रुतः ॥ एकलव्यो महाराज
निषादैः परिवर्द्धितः ॥ ३३ ॥ वत्सावते त्वपुत्राय वसुदेवः प्रतापवान् ॥ अद्भिर्ददौ सुतं वीरं शौरिः कौशिकमौरसम् ॥ ३४ ॥ गण्डूषाय त्वपुत्राय
विष्वक्सेनो ददौ सुतान् ॥ चारुदेष्णं सुचारुं च पञ्चालं कृतलक्षणम् ॥ ३५ ॥ असंग्रामेण यो वीरो नावर्त्तत कदाचन ॥ रौक्मिणेयो महाबाहुः
कनीयान्पुरुषर्षभ ॥ ३६ ॥ वायसानां सहस्राणि यं यान्तं पृष्ठतोऽन्वयुः ॥ चारुमांसानि भोक्ष्यामश्चारुदेष्णहतानि तु ॥ ३७ ॥ तन्त्रिजस्तन्त्रि-
पालश्च सुतौ कनवकस्य तु ॥ वीरश्चाश्वहनुश्चैव वीरौ तावथ गृञ्जिमौ ॥ ३८ ॥ श्यामपुत्रः शमीकस्तु शमीको राज्यमावहत् ॥ जुगुप्समानो भोजत्वा-

पुत्र उत्पन्न हुआ। निवृत्तशत्रु शत्रुघ्न देवश्रवाका पुत्र था। जन्मते ही त्याग दिये जानेके कारण उसे निषाद उठा ले गये और उन्होंने ही उसे पाला। इसी कारण देवश्रवा निषादपुत्र एकलव्यके नामसे विख्यात हुआ ॥३२॥३३॥ वसुदेवके छोटे भाई वत्सवान् और गण्डूष ये दोनों निपूते थे। उनमें वत्सवान्को वसुदेवने कौशिक नामका एक पुत्र तथा गण्डूषको चारु-देष्ण, सुचारु, पञ्चाल और कृतलक्षण नामके चार पुत्र प्रदान किये ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उनमेंसे चारुदेष्ण लड़ाई-झगड़ेके सिवाय अन्यत्र कहीं भी नहीं टिकता था। वह महाबाहु चारुदेष्ण रुक्मिणीका कनिष्ठ पुत्र था ॥३६॥ वह जब युद्धयात्राको चलता था तो हजारों कौए उसके साथ इस आशासे चल पड़ते थे कि चारुदेष्णके मारे हुए मनुष्योंका बढ़िया मांस खानेको मिलेगा ॥ ३७ ॥ तन्त्रिज और तन्त्रिपाल ये दोनों कनवकके एवं वीर और अश्वहनु ये दो पुत्र गृञ्जिमके थे ॥ ३८ ॥ श्यामका पुत्र शमीक (श्यामने अपने लघु भ्राताको पुत्ररूपमें पाल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिया था।) अन्तमें शमीक ही राजसिंहासनपर वैठा। एक बार उसने सोचा कि "भोजवंशी राजा होकर भी क्या मैं सम्राट्की पदवी नहीं प्राप्त कर सकता?" इसी अभिमानवश शमीकने राजसूय यज्ञ आरम्भ कर दिया ॥३९॥ उस यज्ञमें अजातशत्रु महाराज युधिष्ठिरने शमीककी सहायता करते हुए उसके सब शत्रुओंको नष्ट कर दिया। अब मैं वसुदेवके वीर पुत्रोंका वृत्तान्त वर्णन करूँगा, सुनिए ॥ ४० ॥ हे महाराज! बहुशाखासमन्वित, तीन भागोंमें विभक्त एवं विशाल वृष्णिवंशका इतिहास श्रवण करनेवाले मनुष्यको कभी किसी अनर्थमें नहीं फँसना पड़ता ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी'भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

(श्रीकृष्णके जन्मका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! रोहिणी, इन्दिरा, वैशाखी, भद्रा और सुनामा ये पाँच पूरुवंशीया तथा सहदेवा, शान्तिदेवा, श्रीदेवा, देवरक्षिता,

द्राजसूयमवाप सः ॥ ३९ ॥ अजातशत्रुः शत्रूणां जज्ञे तस्य विनाशनः ॥ वसुदेवसुतान्वीरान्कीर्त्तयिष्यामि ताञ्छृणु ॥ ४० ॥ वृष्णेस्त्रिविधमेतत्तु बहुशाखं महौजसम् ॥ धारयन्विपुलं वंशं नानर्थै रिह युज्यते ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे वृष्णिवंशकीर्त्तनं नाम चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ याः पत्न्यो वसुदेवस्य चतुर्दश वराङ्गनाः ॥ पौरवी रोहिणी नाम इन्दिरा च तथा वरा ॥ १ ॥ वैशाखी च तथा भद्रा सुनाम्नी चैव पञ्चमी ॥ सहदेवा शान्तिदेवा श्रीदेवा देवरक्षिता ॥ २ ॥ वृकदेव्युपदेवी च देवकी चैव सप्तमी ॥ सुतनुर्वडवा चैव द्वे एते परिचारिके ॥३॥ पौरवी रोहिणी नाम बाह्लिकस्यात्मजाऽभवत् ॥ ज्येष्ठा पत्नी महाराज दयिताऽऽनकदुन्दुभेः ॥४॥ लेभे ज्येष्ठं सुतं रामं सारणं शठमेव च ॥ दुर्दमं दमनं श्वभ्रं पिण्डारकमुशीनरम् ॥ ५ ॥ चित्रां नाम कुमारीं च रोहिणीतनया दश ॥ चित्रा सुभद्रेति पुनर्विख्याता कुरुनन्दन ॥ ६ ॥ वसुदेवाच्च देवक्यां जज्ञे शौरिर्महायशाः ॥ रामाच्च निशठो जज्ञे रेवत्यां दयितः सुतः ॥ ७ ॥ सुभद्रायां रथी पार्थादभिमन्युरजायत ॥ अक्रूरात्काशिकन्यायां सत्यकेतुरजायत ॥ ८ ॥ वसुदेवस्य भार्यासु महाभागासु सप्तसु ॥ ये पुत्रा जज्ञिरे शूरा नामतस्तान्निबोध मे ॥ ९ ॥ भोजश्च विजयश्चैव शान्तिदेवासुतावुभौ ॥ वृकदेवः सुदेवायां गदश्चास्तां सुतावुभौ ॥ १० ॥ उपासङ्गवरं लेभे तनयं देवरक्षिता ॥ अवगाहं महात्मानं वृकदेवी

वृकदेवी, उपदेवी और देवकी, ये सात तथा सुतनु और वडवा ये दो परिचारिकायें, कुल मिलाकर चौदह स्त्रियाँ वसुदेवकी थीं ॥ १-३ ॥ इनमें वसुदेवकी सर्वश्रेष्ठ पत्नी पुरुवंशीया रोहिणी बाह्लिककी पुत्री थी ॥ ४ ॥ रोहिणीके गर्भसे वसुदेवके राम, सारण, शठ, दुर्दम, दमन, श्वभ्र, पिण्डारक तथा उशीनर ये आठ पुत्र और चित्रा नामकी एक कन्या हुई। अचानक चित्राका देहान्त हो गया और उसने पुनः सुभद्रा नाम धारण करके रोहिणीके गर्भसे जन्म लिया। इस प्रकार रोहिणीके कुल दस सन्तानें हुईं ॥ ५ ॥ ६ ॥ महान् यशस्वी श्रीकृष्ण देवकीके गर्भसे उत्पन्न हुए। रेवतीतनय निशठ बलरामका पुत्र था ॥ ७ ॥ अर्जुन द्वारा सुभद्रासे उत्पन्न बालक महारथी अभिमन्यु था। अक्रूरसे काशीनरेशकी पुत्री द्वारा सत्यकेतुकी उत्पत्ति हुई ॥८॥ मैं अब वसुदेवकी महाभागा सात पत्नियों द्वारा जो वीर पुत्र उत्पन्न हुए, उनका नाम और वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ९ ॥ भोज और विजय ये दोनों शान्तिदेवाके, वृकदेव तथा गद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुदेवाके एवं महात्मा अवगाह त्रिगर्तराज देवककी कन्या वृकदेवीके पुत्र थे ॥ १० ॥ ११ ॥ शिशिरायण गार्ग्य त्रिगर्तराज देवकके पुरोहित थे। यादवोंमेंसे एक मनुष्यने पुरोहित गार्ग्यका पुरुष-अङ्ग पकड़कर बड़ी देर तक कुचेष्टा की, किन्तु दृढ़व्रती होनेके कारण किसी तरह महात्मा गार्ग्यका वीर्य नहीं गिरा ॥ १२ ॥ तब उस मनुष्यने उन्हें नपुंसक कहकर मिथ्या कलङ्क लगाया। इससे भगवान गार्ग्य मारे क्रोधके लोह जैसे काले हो गये। अपना पौरुष प्रदर्शन करनेके लिए बारह वर्ष कठोर तपश्चर्या पूर्ण किये हुए भी गार्ग्य एक गोपकन्याको पकड़कर उसके साथ मैथुन करने लगे। वह कामिनी कन्या गोपवेषधारिणी एक अप्सरा थी और उसका नाम था—गोपाली ॥ १३ ॥ १४ ॥ गोपाली श्रीशिवजीके आज्ञानुसार गार्ग्यके समागमसे गर्भवती होकर पुत्र प्रसव करनेके बाद शापमुक्त हो गयी ॥ १५ ॥ उसके बाद पुत्रहीन राजा यवन उस परित्यक्त बालकको अपने घर ले जाकर पालने लगा और बालक दिन-दिन बढ़ने लगा। वह बालक राजा यवन द्वारा प्रतिपालित हुआ था, इस कारण उसका कालयवन नाम पड़ा। हे महाराज! यह महाबली राजा कालयवनकी उत्पत्तिका इतिहास हुआ। उसकी अश्व-

व्यजायत ॥ ११ ॥ कन्या त्रिगर्त्तराजस्य भर्ता वै शैशिरायणः ॥ जिज्ञासां पौरुषे चक्रे न चस्कन्देऽथ पौरुषम् ॥ १२ ॥ कृष्णायससमप्रख्यो वर्षे द्वादशमे तथा ॥ मिथ्याऽभिशस्तो गार्ग्यस्तु मन्युनाऽभिसमीरितः ॥ १३ ॥ गोपकन्यामुपादाय मैथुनायोपचक्रमे ॥ गोपाली त्वप्सरास्तस्य गोपस्त्रीवेषधारिणी ॥ १४ ॥ धारयामास गार्ग्यस्य गर्भं दुर्धरमच्युतम् ॥ मानुष्यां गार्ग्यभार्यायां नियोगाच्छूलपाणिनः ॥ १५ ॥ स कालयवनो नाम जज्ञे राजा महाबलः ॥ वृषपूर्वार्धकायास्तमवहन्वाजिनो रणे ॥ १६ ॥ अपुत्रस्य स राज्ञस्तु ववृधेऽन्तःपुरे शिशुः ॥ यवनस्य महाराज स कालयवनोऽभवत् ॥ १७ ॥ स युद्धकामी नृपतिः पर्यपृच्छद् द्विजोत्तमान् ॥ वृष्ण्यन्धककुलं तस्य नारदोऽकथयद्विभुः ॥ १८ ॥ अक्षौहिण्या तु सैन्यस्य मथुरामभ्ययात्तदा ॥ दूतं संप्रेषयामास वृष्ण्यन्धकनिवेशनम् ॥ १९ ॥ ततो वृष्ण्यन्धकाः कृष्णं पुरस्कृत्य महामतिम् ॥ समेता मन्त्रयामासुर्यवनस्य भयात्तदा ॥ २० ॥ कृत्वा च निश्चयं सर्वे पलायनपरायणाः ॥ विहाय मथुरां रम्यां मानयंतः पिनाकिनम् ॥ २१ ॥ कुशस्थलीं द्वारवतीं निवेशयितुमीप्सवः ॥ इति कृष्णस्य जन्मेदं यः शुचिर्नियतेंद्रियः ॥ पर्वसु श्रावयेद्विद्वाननृणः स सुखी भवेत् ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि श्रीकृष्णजन्मानुकीर्तनं नाम पंचत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

शालामें जिनकी गर्दन बैल जैसी थी, उन सब घोड़ोंको अपने साथ लेकर वह समरांगणमें उतर पड़ता था ॥ १६ ॥ १७ ॥ एक बार युद्धके लिए उत्सुक होकर उसने रणयात्राके विषयमें पूछताछ प्रारम्भ की, तब देवर्षि नारदने उसे अन्धकवंशीय क्षत्रियोंपर चढ़ाई करनेकी सलाह दी ॥ १८ ॥ तदनुसार वह एक अक्षौहिणी सेना साथ लेकर मथुराकी ओर चल पड़ा। नगरके निकट पहुँचकर उसने वृष्णि और अन्धकवंशी वीरोंके पास दूत भेजा ॥ १९ ॥ उस समय कालयवनके भयसे वृष्णि और अन्धकोंने परम बुद्धिमान् भगवान् कृष्णके साथ मंत्रणा आरम्भ की। अन्तमें मथुरा छोड़कर भाग जानेकी नीति ही स्थिर हुई और श्रीशिवजीका स्मरण करके उन्होंने कुशस्थलीमें द्वारकापुरी निर्माण करनेका संकल्प किया। हे महाराज! भगवान श्रीकृष्णकी उत्पत्तिके इस वृत्तान्तको जो मनुष्य प्रत्येक पर्वपर तन्मयताके साथ सुनता है, वह यावज्जीवन अनृणी रहकर सुखी जीवन व्यतीत करता है ॥ २०–२२ ॥ इति श्रीमहाभारते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटोकायां पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

(जनमेजयके वंशका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महायशस्वी वृजिनीवान् क्रोष्टुके पुत्र थे । वृजिनीवान्‌का पुत्र अग्निहोत्रियोंमें श्रेष्ठ स्वाहि और स्वाहिका पुत्र वक्ताओंमें श्रेष्ठ राजा उषद्गुने पुत्रप्राप्तिकी कामनासे बड़ी-बड़ी दक्षिणायें देकर कई यज्ञ किये, जिससे उसे एक पुत्र प्राप्त हुआ । उसका नाम था चित्ररथ । चित्ररथ सदा भले कार्मोमें लगा रहता था ॥१–३॥ चित्ररथका पुत्र शशबिन्दु असाधारण दानी था । अन्तमें उसने राजर्षियों द्वारा आचरित सत्पथका अवलम्बन किया ॥ ४ ॥ शशबिन्दुका पुत्र राजा पृथुश्रवा, पृथुश्रवाका पुत्र अन्तर, अन्तरका पुत्र सुयज्ञ, सुयज्ञका पुत्र याज्ञिकश्रेष्ठ उशत्, उशत्‌का पुत्र शत्रुतापन शिनेयु और शिनेयुका पुत्र राजर्षि मरुत्त हुआ ॥ ५ ॥ ६ ॥ मरुत्तने प्रगाढ़ भक्तिके द्वारा धर्मा-

वैशम्पायन उवाच ॥ क्रोष्टोरेवाभवत्पुत्रो वृजिनीवान्महायशाः ॥ वृजिनीवत्सुतश्चापि स्वाहिः स्वाहाकृतां वरः ॥ १ ॥ स्वाहेः पुत्रोऽभव-
द्राजा उषद्गुर्वदतां वरः ॥ महाक्रतुभिरीजे यो विविधैर्भूरिदक्षिणैः ॥ २ ॥ सुतप्रसूतिमन्विच्छन्नुषद्गुः सोऽग्र्यमात्मजम् ॥ जज्ञे चित्ररथस्तस्य
पुत्रः कर्मभिरन्वितः ॥ ३ ॥ आसीच्चैत्ररथिर्वीरो यज्वा विपुलदक्षिणः ॥ शशबिन्दुः परं वृत्तं राजर्षीणामनुष्ठितः ॥ ४ ॥ पृथुश्रवाः पृथुयशा
राजाऽऽसीच्छशबिन्दुजः ॥ शंसन्ति च पुराणज्ञाः पार्थश्रवसमुत्तरम् ॥५॥ अनन्तरं सुयज्ञस्तु सुयज्ञतनयोऽभवत् ॥ उशतो यज्ञमखिलं स्वधर्ममुशतां
वरः ॥६॥ शिनेयुरभवत्सूनुरुशतः शत्रुतापनः ॥ मरुत्तस्तस्य तनयो राजर्षिरभवन्नृप ॥७॥ मरुत्तोऽलभत ज्येष्ठं सुतं कम्बलबर्हिषम् ॥ चचार विपुलं
धर्मममर्षात्प्रेत्यभागपि ॥ ८ ॥ सुतप्रसूतिमिच्छन्वै सुतं कम्बलबर्हिषः ॥ बभूव रुक्मकवचः शतप्रसवतः सुतः ॥ ९ ॥ निहत्य रुक्मकवचः शतं कव-
चिनां रणे ॥ धन्विनां निशितैर्बाणैरवाप श्रियमुत्तमाम् ॥ १० ॥ जज्ञेऽथ रुक्मकवचात्पराजित्परवीरहा ॥ जज्ञिरे पञ्च पुत्रास्तु महावीर्याः परा-
जितः ॥ ११ ॥ रुक्मेषुः पृथुरुक्मश्च ज्यामघः पालितो हरिः ॥ पालितं च हरिं चैव विदेहेभ्यः पिता ददौ ॥ १२ ॥ रुक्मेषुरभवद्राजा पृथुरुक्मस्य
संश्रितः ॥ ताभ्यां प्रवाजितो राज्याज्ज्यामघोऽत्रसदाश्रमे ॥ १३ ॥ प्रशान्तश्चाप्रशान्तः स ब्राह्मणैश्चावरोधितः ॥ जिगाय रथमास्थाय देशमन्यं

चरण करके ज्येष्ठ पुत्र कम्बलबर्हिको प्राप्त किया । कम्बलबर्हिका पुत्र शतप्रसूति और शतप्रसूतिका पुत्र रुक्मकवच हुआ ॥ ७ ॥ ८ ॥ रुक्मकवचने तीखे बाणोंकी वर्षा करके सौ कवचधारी धनुर्धारियोंको मार गिराया था । इस कारण उसे बहुत यश मिला था ॥ ९ ॥ रुक्मकवचका शत्रुहन्ता पुत्र पराजित् और पराजित्‌के रुक्मेषु, पृथुरुक्म, ज्यामघ, पालित और हरि ये पाँच महाबली पुत्र हुए । पिता रुक्मकवचने उन पुत्रोंमेंसे पालित और हरि नामके दो पुत्रोंके पालन-पोषणका भार विदेहराजको सौंप दिया ॥१०–१२॥ उधर रुक्मेषु सिंहासनासीन हुआ और उसका छोटा भाई पृथुरुक्म उसका आज्ञानुवर्ती हो गया । कुछ समय बाद इन दोनों भाइयोंने मिलकर ज्यामघको राज्यसे बाहर निकाल दिया । ज्यामघने भी राज्यलिप्सा त्यागकर आश्रम-वास अंगीकार कर लिया ॥१३॥ आश्रममें कुछ समय तपस्या करनेके बाद ब्राह्मणोंके आशीषसे उद्दीप्त होकर ज्यामघने धनुष उठाया और रथपर सवार होकर अन्य देशपर विजय प्राप्तिके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिए चल पड़ा ॥ १४ ॥ उसने अकेले नर्मदातट, मृत्तिकावती नगरी और ऋक्षवान् पर्वतको जीतकर शुक्तिमती नगरीमें डेरा डाला और वहीं रहने लगा ॥ १५ ॥ पतिव्रता और प्रगल्भा शैब्या उसकी स्त्री थी। यद्यपि राजा ज्यामघ पुत्रहीन थे, फिर भी उन्होंने अपना दूसरा विवाह नहीं किया ॥१६॥ युद्धमें विजय प्राप्त करते समय उन्होंने एक बालिका पायी थी। उसे साथ लेकर घर आये तो शैब्याके भयसे उन्होंने कहा—"यह पतोहू है" ॥ १७ ॥ यह सुनकर शैब्याने पूछा—"किसकी पतोहू?" राजाने उत्तर दिया—"तुम्हारी। भविष्यमें तुमसे जो पुत्र उत्पन्न होगा, यह उसकी भार्या होगी। राजाकी इस बातको सुनकर विजयके समय प्राप्त कन्या कठोर तप करने लगी। उसकी तपस्याके प्रभावसे वृद्धावस्थामें शैब्याको एक पुत्र हुआ और उस पुत्रका नाम पड़ा—विदर्भ ॥१८॥१९॥ विदर्भ जब यौवनावस्थामें पहुँचा, तब उपदानवी (विजयके समय प्राप्त कन्या) के साथ उसका विवाह हुआ और उसके क्रथ तथा कैशिक नामके दो

ध्वजी रथी ॥ १४ ॥ नर्मदाकूलमेकाकी नगरीं मृत्तिकावतीम् ॥ ऋक्षवन्तं गिरिं जित्वा शुक्तिमत्यामुवास सः ॥१५॥ ज्यामघस्याभवद्भार्या शैब्या बलवती सती ॥ अपुत्रोऽपि च राजा स नान्यां भार्यामविन्दत ॥ १६ ॥ तस्यासीद्विजयो युद्धे तत्र कन्यामवाप सः ॥ भार्यामुवाच संत्रस्तः स्नुषेति स नरेश्वरः ॥ १७ ॥ एतच्छ्रुत्वाऽब्रवीद्देवी कस्य चेयं स्नुषेति वै ॥ अब्रवीत्तदुपश्रुत्य ज्यामघो राजसत्तमः ॥ १८ ॥ यस्ते जनिष्यते पुत्रस्तस्य भार्योपदानवी ॥ उग्रेण तपसा तस्याः कन्यायाः स व्यजायत ॥ पुत्रं विदर्भं सुभगा शैब्या परिणता सती ॥ १९ ॥ राजपुत्र्यां तु विद्वांसौ स्नुषायां क्रथकैशिकौ ॥ पश्चाद्विदर्भोऽजनयच्छूरौ रणविशारदौ ॥ २० ॥ लोमपादं तृतीयं तु पुत्रं परमधार्मिकम् ॥ लोमपादात्मजो बभ्रुराहृतिस्तस्य चात्मजः ॥ २१ ॥ आहृतेः कौशिकश्चैव विद्वान्परमधार्मिकः ॥ चेदिः पुत्रः कौशिकस्य तस्माच्चैद्या नृपाः स्मृताः ॥२२॥ भीमो विदर्भस्य सुतः कुन्तिस्तस्यात्मजोऽभवत् ॥ कुन्तेर्धृष्टः सुतो जज्ञे रणधृष्टः प्रतापवान् ॥ धृष्टस्य जज्ञिरे शूरास्त्रयः परमधार्मिकाः ॥ २३ ॥ आवन्तश्च दशार्हश्च बली विषहरश्च यः ॥ दशार्हस्य सुतो व्योमा व्योम्नो जीमूत उच्यते ॥ २४ ॥ जीमूतपुत्रो बृहतिस्तस्य भीमरथः सुतः ॥ अथ भीमरथस्यासीत्पुत्रो नवरथस्तथा ॥ २५ ॥ तस्य चासीद्दशरथः शकुनिस्तस्य चात्मजः ॥ तस्मात्करम्भः कारम्भिर्देवरातोऽभवन्नृपः ॥ २६ ॥ देवक्षत्रोऽभवत्तस्य दैवक्षत्रिर्महायशाः ॥ देवगर्भसमो जज्ञे देवक्षत्रस्य नन्दनः ॥ २७ ॥ मधूनां वंशकृद्राजा मधुर्मधुरवागपि ॥ मधोर्जज्ञेऽथ वैदर्भ्यां पुत्रो

पुत्र उत्पन्न हुए॥ २० ॥ उसके बाद परम धर्मात्मा तृतीय पुत्र लोमपादका जन्म हुआ। लोमपादका पुत्र बभ्रु, बभ्रुका पुत्र आहृति, आहृतिका पुत्र परम विद्वान् एवं धर्मात्मा पुत्र कौशिक और कौशिकका पुत्र चेदि हुआ। उस चेदिके कारण ही सभी चेदिवंशी राजे चैद्य कहलाते हैं ॥ २१ ॥ २२ ॥ भीम विदर्भके पुत्र थे। भीमका पुत्र कुन्ति, कुन्तिका पुत्र परम प्रतापी धृष्ट और धृष्टके आवन्त, दशार्ह और विषहर ये तीन परम धार्मिक पुत्र उत्पन्न हुए। दशार्हका पुत्र व्योमा और व्योमाका पुत्र जीमूत हुआ ॥ २३ ॥ २४ ॥ जीमूतका पुत्र बृहति, बृहतिका पुत्र भीमरथ, भीमरथका पुत्र नवरथ, नवरथका पुत्र दशरथ, दशरथका पुत्र शकुनि, शकुनिका पुत्र करम्भ, करम्भका पुत्र राजा देवरात, देवरातका पुत्र महायशस्वी देवक्षत्रके देवताओं सदृश सुन्दर एक पुत्र उत्पन्न हुआ ॥२५–२७॥ वह पुत्र पूरुवंशमें जायमान भद्रवतीके गर्भसे उत्पन्न हुआ था। वह मधुवंशियोंका वंशधर तथा मधुरभाषी था। वह मधु नामसे विख्यात

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुआ। मधुपत्नी वैदर्भीके गर्भसे मरुवसाका पुत्र पुरुद्वान् उत्पन्न हुआ। मधुकी इक्ष्वाकुवंशीया कन्या भी एक पत्नी थी, जिससे सत्त्वान् नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। सत्त्वान् सात्वतोंका कीर्तिवर्द्धक तथा सर्वसद्गुणालंकृत पुत्र था ॥ २८–३० ॥ हे महाराज! महात्मा ज्यामघके वंशवृत्तान्तको सुननेसे संसारमें सर्वोत्तम कीर्ति मिलती है और पुत्रलाभ होता है ॥ ३१ ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

(कुकुरवंशका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! कौशल्याके गर्भसे उत्पन्न भजिन, भजमान्, राजा देवावृध, महाबाहु अन्धक और यादवोंके आनन्ददाता वृष्णि ये सभी सात्त्वतके पुत्र थे। अब इन चारों पुत्रोंका वंशवृत्तान्त मैं विस्तारके साथ बता रहा हूँ, सुनिए ॥ १ ॥ २ ॥ भजमानकी सृञ्जयकन्या बाह्यका और उपबाह्यका नामकी दो भार्यायें थीं। इन दोनोंसे

मरुवसास्तथा ॥ २८ ॥ आसीन्मरुवसः पुत्रः पुरुद्वान्पुरुषोत्तमः ॥ मधुर्जज्ञेऽथ वैदर्भ्यां भद्रवत्यां कुरूद्वहः ॥ २९ ॥ ऐक्ष्वाकी चाभवद्भार्या सत्त्वांस्तस्यामजायत ॥ सत्त्वान्सर्वगुणोपेतः सात्वतां कीर्तिवर्द्धनः ॥३०॥ इमां विसृष्टिं विज्ञाय ज्यामघस्य महात्मनः ॥ युज्यते परया कीर्त्या प्रजावांश्च भवेन्नरः ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ सात्त्वतात्सत्त्वसंपन्नान्कौशल्या सुषुवे सुतान् ॥ भजिनं भजमानं च दिव्यं देवावृधं नृपम् ॥ १ ॥ अन्धकं च महाबाहुं वृष्णिं च यदुनन्दनम् ॥ तेषां विसर्गाश्चत्वारो विस्तरेणेह ताञ्छृणु ॥ २ ॥ भजमानस्य सृञ्जय्यौ बाह्यकाथोपबाह्यका ॥ आस्तां भार्ये तयोस्तस्माज्जज्ञिरे बहवः सुताः ॥ ३ ॥ क्रमिश्च क्रमणश्चैव धृष्टः शूरः पुरञ्जयः ॥ एते बाह्यकसृञ्जय्यां भजमानाद्विजज्ञिरे ॥ ४ ॥ अयुताजित्सहस्राजिच्छताजिचाथ दाशकः ॥ उपबाह्यकसृञ्जय्यां भजमानाद्विजज्ञिरे ॥ ५ ॥ यज्वा देवावृधो राजा चचार विपुलं तपः ॥ पुत्रः सर्वगुणोपेतो मम स्यादिति निश्चितः ॥ ६ ॥ संयुज्यात्मानमेवं तु पर्णाशाया जलं स्पृशन् ॥ सदोपस्पृशतस्तस्य चकार प्रियमापगा ॥ ७ ॥ चिन्तयाऽभिपरीता सा जगामैकाभिनिश्चयम् ॥ कल्याणत्वान्नरपतेस्तस्य सा निम्नगोत्तमा ॥८॥ नाध्यगच्छत तां नारीं यस्यामेवंविधः सुतः ॥ जायेत्तस्मात्स्वयं हन्त भवाम्यस्य सहव्रता ॥ ९ ॥ अथ भूत्वा कुमारी सा बिभ्रती परमं वपुः ॥ वरयामास नृपतिं तामियेष च स प्रभुः ॥ १० ॥ तस्यामाधत्त गर्भं च तेज-

भजमानके बहुतेरे पुत्र हुए ॥३॥ उनमेंसे क्रमि, क्रमण, धृष्ण, शूर और पुरञ्जय ये बालक बाह्यकाके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। अयुताजित्, सहस्राजित्, शताजित् और दाशक, ये उपबाह्यकाके गर्भसे उत्पन्न हुए थे ॥४॥५॥ मैं यह निश्चितरूपसे जानता हूँ कि सर्वगुणालंकृत एवं याज्ञिकश्रेष्ठ राजा देवावृध पर्णाशा नदीमें स्नान-आचमन करके शान्त मनसे अतिशय कठोर तप कर रहे थे। वे नित्य नियमसे पर्णाशा नदीमें स्नान करते थे। इस कारण सरिद्वरा पर्णाशा प्रसन्न होकर राजा देवावृधका प्रिय कार्य करनेका विचार करने लगी। उसने बहुत सोचा, किन्तु उन्हें ऐसी कोई भी स्त्री नहीं दिखायी पड़ी कि जिसके द्वारा राजा देवावृधके अनुरूप पुत्र उत्पन्न हो सकता। अन्तमें उसने निश्चय किया कि मैं स्वयं इनकी पत्नी बनूँगी ॥६–९॥ तदनुसार सरिद्वरा पर्णाशाने एक कुमारी कन्याका रूप धारण करके राजा देवावृधको पतिरूपमें वरण किया। राजा भी इससे सहमत हो गये ॥ १० ॥ कुछ दिन बाद उदारबुद्धि राजा देवावृध द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पर्णाशाने गर्भ धारण किया। दस मास पूर्ण होनेपर उसने एक पुत्रका प्रसव किया। उसका नाम था बभ्रु। इतिहासवेत्ता लोग इस वंशका वर्णन करते समय कहते हैं कि हम योगबल-सम्पन्न महात्मा देवावृधको एक ही समय अपने समक्ष, दूर तथा निकट सर्वत्र समान भावसे विचरते देखते हैं ॥११–१३॥ मानवश्रेष्ठ बभ्रु भी देवतातुल्य एवं अपने पिताके अनुरूप पुत्र थे। बभ्रुने युद्धभूमिमें सात हजार छाछठ योद्धाओंको मारकर ब्रह्मलोक भेजा था ॥ १४ ॥ बुद्धिमान् बभ्रु दानशीलता, याज्ञिकता, अस्त्रनिपुणता एवं ब्रह्मवादिता प्रभृति विविध गुणोंसे विभूषित थे। सात्वतवंशियोंमें वे एक यशस्वी महारथीके रूपमें प्रसिद्ध थे। उनका वंश बहुत विशाल था। मृत्तिकावत नगरके राजे भोज नामसे विख्यात थे ॥१५॥१६॥ दृढ़ाश्वकी कन्याके गर्भसे सात्वतपुत्र अन्धकके कुकुर, भजमान, शमि और कम्बलबर्हि ये चार पुत्र उत्पन्न हुए ॥ १७ ॥ उनमेंसे कुकुरका पुत्र धृष्णु, धृष्णुका पुत्र कपोतरोमा, उसका पुत्र तैत्तिरि, तैत्तिरिका

स्विनमुदारधीः ॥ अथ सा दशमे मासि सुषुवे सरितां वरा ॥ ११ ॥ पुत्रं सर्वगुणोपेतं बभ्रुं देवावृधान्नृपात् ॥ अत्र वंशे पुराणज्ञा गायन्तीति परिश्रुतम् ॥ १२ ॥ गुणान्देवावृधस्याथ कीर्त्तयन्तो महात्मनः ॥ यथैवाग्रे समं दूरात्पश्याम च तथाऽन्तिके ॥ १३ ॥ बभ्रुः श्रेष्ठो मनुष्याणां देवैर्देवावृधः समः ॥ षष्टिश्च षट् च पुरुषाः सहस्राणि च सप्त च ॥१४॥ एतेऽमृतत्वं संप्राप्ता बभ्रुर्देवावृधावपि ॥ यज्वा दानपतिर्विद्वान्ब्रह्मण्यः सुदृढायुधः ॥ १५ ॥ कीर्तिमांश्च महातेजाः सात्त्वतानां महावरः ॥ तस्यान्ववायः सुमहान्भोजा ये मार्तिकावताः ॥ १६ ॥ अन्धकात्काश्यदुहिता चतुरोऽलभतात्मजान् ॥ कुकुरं भजमानं च शमिं कम्बलबर्हिषम् ॥१७॥ कुकुरस्य सुतो धृष्णुर्धृष्णोस्तु तनयस्तथा ॥ कपोतरोमा तस्याथ तैत्तिरिस्तनयोऽभवत् ॥१८॥ जज्ञे पुनर्वसुस्तस्मादभिजित्तु पुनर्वसोः ॥ तस्य वै पुत्रमिथुनं बभ्रूवाभिजितः किल ॥ १९ ॥ आहुकश्चाहुकी चैव ख्यातौ ख्यातिमतां वरौ ॥ इमां चोदाहरन्त्यत्र गाथां प्रति तमाहुकम् ॥ २० ॥ श्वेतेन परिवारेण किशोरप्रतिमो महान् ॥ अशीतिचर्मणा युक्तः स नृपः प्रथमं व्रजेत् ॥ २१ ॥ नापुत्रवान्नाशतदो नासहस्रशतायुषः ॥ नाशुद्धकर्मा नायज्वा यो भोजमभितो व्रजेत् ॥ २२ ॥ पूर्वस्यां दिशि नागानां भोजस्येत्यनुमोदनम् ॥ सोपासङ्गानुकर्षाणां ध्वजिनां सवरूथिनाम् ॥ २३ ॥ रथानां मेघघोषाणां सहस्राणि दशैव तु ॥ रूप्यकाञ्चनकक्षाणां सहस्राणि दशापि च ॥ २४ ॥ तावन्त्येव सहस्राणि उत्तरस्यां तथा दिशि ॥ आ भूमिपालान्भोजाःस्वानुपतिष्ठन्किङ्किणीकिणः ॥ २५ ॥ आहुकीं चाप्यवन्तिभ्यः स्वसारं

पुत्र पुनर्वसु, पुनर्वसुका पुत्र अभिजित् एवं अभिजित्के सुविख्यात जोड़ुआँ सन्तति हुई—आहुक और आहुकी। आहुकके विषयमें ऐसा प्रसिद्ध है कि तरुणवयस्क घोड़ेके समान उत्साह-सम्पन्न आहुक अस्सी मनुष्यों द्वारा उठनेवाली ढालको अकेले उठाकर अपने अनुचरोंके साथ सबके आगे-आगे चलता था ॥१८-२१॥ उसके साथ रहनेवाले सभी लोग पुत्रवान्, यज्ञकर्चा, सैकड़ों बार दक्षिणा दिये हुए, सदाचारी और सैकड़ों और हजारों शस्त्रोंसे सम्पन्न रहते थे ॥ २२ ॥ पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सभी दिशाओंमें महाराज आहुकके आदेशानुसार चाँदो और सोनेके सिकड़ोंयुक्त दस हजार हाथी एवं युग, अनुकर्ष, ध्वज तथा सेनासहित दस ही हजार रथ उसके साथ चलते थे। उसके परिवारके सभी भोजवंशी वीर किंकिणी (घुँघुरू) युक्त रथपर सवार होकर सब सामन्त राजाओंको परास्त करके आहुककी आज्ञाका पालन करते थे ॥ २३–२५ ॥ अन्धकवंशी वीरोंने आहुककी भगिनी आहुकीका विवाह अवन्तिनरेशके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ कर दिया था। आहुकके देवकुमार सदृश सुन्दर दो पुत्र हुए। उनमेंसे एकका नाम था देवक और दूसरेका उग्रसेन। देवकके देववान्, उपदेव, सुदेव और देवरक्षित नामके चार देवोपम पुत्र एवं देवकी, शान्तिदेवा, सुदेवा, देवरक्षिता, वृकदेवी, उपदेवी और सुनाम्नी नामकी सात कन्यायें हुईं ॥ २६–२९ ॥ आहुकपुत्र उग्रसेनके कंस, न्यग्रोध, सुनामा, कंक, शंकु, राष्ट्रपाल, सुतनु, पुष्टिमान् और अनाधृष्टि ये नौ पुत्र एवं कंसा, कंसवती, सुतनु, राष्ट्रपाली और कंका ये पाँच कन्यायें थीं। पुत्रोंमें कंस सबसे बड़ा पुत्र था। हे महाराज! इस प्रकार मैंने कुकुरवंशमें उत्पन्न उग्रसेन और उनकी सन्तानोंका वृत्तान्त कह सुनाया। इस अमित तेजस्वी कुकुरवंशका वृत्तान्त सुननेवाले प्राणीकी वंशवृद्धि होती है ॥ ३०–३४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तत्रिंशः सर्गः ॥ ३७ ॥

ददुरन्धकाः ॥ आहुकस्य तु काश्यायां द्वौ पुत्रौ संबभूवतुः ॥ २६ ॥ देवकश्चोग्रसेनश्च देवपुत्रसमावुभौ ॥ देवकस्याभवन्पुत्राश्चत्वारस्त्रिदशोपमाः ॥ २७ ॥ देववानुपदेवश्च सुदेवो देवरक्षितः ॥ कुमार्यः सप्त चाप्यासन्वसुदेवाय ता ददौ ॥ २८ ॥ देवकी शान्तिदेवा च सुदेवा देवरक्षिता ॥ वृकदेव्युपदेवी च सुनाम्नी चैव सप्तमी ॥ २९ ॥ नवोग्रसेनस्य सुतास्तेषां कंसस्तु पूर्वजः ॥ न्यग्रोधश्च सुनामा च कङ्कः शङ्कुः सुभूमिपः ॥ ३० ॥ राष्ट्रपालोऽथ सुतनुरनाधृष्टिश्च पुष्टिमान् ॥ तेषां स्वसारः पञ्चासन्कंसा कंसवती तथा ॥ ३१ ॥ सुतनू राष्ट्रपाली च कङ्का चैव वराङ्गना ॥ उग्रसेनः सहापत्यो व्याख्यातः कुकुरोद्भवः ॥ ३२ ॥ कुकुराणामिमं वंशं धारयन्नमितौजसाम् ॥ आत्मनो विपुलं वंशं प्रजावानाप्नुयान्नरः ॥ ३३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ भजमानस्य पुत्रोऽथ रथमुख्यो विदूरथः ॥ राजाधिदेवः शूरस्तु विदूरथसुतोऽभवत् ॥१॥ राजाधिदेवस्य सुता जज्ञिरे वीर्यवत्तराः ॥ दत्तातिदत्तबलिनौ शोणाश्वः श्वेतवाहनः ॥ २ ॥ शमी च दण्डशर्मा च दण्डशत्रुश्च शत्रुजित् ॥ श्रवणा च श्रविष्ठा च स्वसारौ संबभूवतुः ॥ ३ ॥ शमीपुत्रः प्रतिक्षत्र प्रतिक्षत्रस्य चात्मजः ॥ स्वयंभोजः स्वयंभोजाद्धृदीकः संबभूव ह ॥४॥ तस्य पुत्रा बभूवुर्हि सर्वे भीमपराक्रमाः ॥ कृतकर्माग्रजस्तेषां शतधन्वाऽथ मध्यमः ॥ ५ ॥ देवर्षेर्वचनात्तस्य भिषग्वैतरणश्च यः ॥ सुदान्तश्च विदान्तश्च कामदा कामदन्तिका ॥ ६ ॥

(श्रीकृष्णभगवानपर मिथ्या कलंक लगनेका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! महारथी विदूरथ भजमानके पुत्र थे। विदूरथके दो पुत्र थे—राजाधिदेव और शूर ॥ १ ॥ राजाधिदेवके दत्त, अतिदत्त, शोणाश्व, श्वेतवाहन, शमी, दंडशर्मा, दण्डशत्रु और शत्रुजित् नामके महापराक्रमी आठ पुत्र और श्रवणा तथा श्रविष्ठा नामकी दो पुत्रियाँ थीं ॥ २ ॥ ३ ॥ उनमें शमीका पुत्र प्रतिक्षत्र, प्रतिक्षत्रका पुत्र भोज और भोजका पुत्र हृदीक था ॥ ४ ॥ हृदीकके जो अत्यन्त पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुए, उनमें कृतवर्मा ज्येष्ठ तथा शतधन्वा मँझला पुत्र था ॥ ५ ॥ देवर्षि च्यवनके आशीर्वादसे शतधन्वाके भिषक्, वैतरण, सुदान्त और विदान्त नामके चार पुत्र तथा कामदा और कामदन्तिका नामकी दो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्यायें हुईं ॥ ६ ॥ कम्बलबर्हिषके देववान, असमौजा और नासमौजा नामके तीन पुत्र हुए ॥ ७ ॥ अन्धकने पुत्रहीन असमौजाको सुदंष्ट्र, सुचारु और कृष्ण नामके तीन पुत्र दे दिये ॥ ८ ॥ इस प्रकार अन्धकवंशीय वीरोंका वृत्तान्त मैंने कह सुनाया। जो मनुष्य इस अन्धकाख्यानको नित्य पढ़कर हृदयंगम करता है, उसकी सन्ततिका विपुल विस्तार होता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है। गान्धारी और माद्री ये दोनों राजा क्रोष्टुकी पत्नियाँ थी ॥ ९ ॥ १० ॥ शत्रुविजयी और महाबली अनमित्र गान्धारीके तथा युधाजित् और देवमीढुष माद्रीके पुत्र थें। अनमित्रका पुत्र निघ्न और निघ्नके दो पुत्र हुए—प्रसेन तथा सत्राजित्। प्रसेन जब द्वारकापुरीमें था, तब सत्राजित्ने समुद्रसे दिव्य स्यमन्तक मणि प्राप्त किया। सूर्यभगवानके साथ सत्राजित्की अत्यधिक मित्रता थी। वह उन्हें प्राणोंके समान प्रिय था ॥ ११–१४ ॥ एक दिन बड़े सबेरे स्नानादिसे निवृत्त हो और रथपर सवार होकर वह सूर्यदेवका उपस्थान

देववांश्चाभवत्पुत्रो विद्वान्कम्बलबर्हिषः ॥ असमौजास्तथा वीरो नासमौजाश्च तावुभौ ॥ ७ ॥ अजातपुत्राय सुतान्प्रददावसमौजसे ॥ सुदंष्ट्रं चारुरूपं
च कृष्णमित्यन्धकास्त्रयः ॥ ८ ॥ एते चान्ये च बहवो अन्धकाः कथितास्तव ॥ अन्धकानामिमं वंशं धारयेद्यस्तु नित्यशः ॥ ९ ॥ आत्मनो विपुलं
वंशं लभते नात्र संशयः ॥ गान्धारी चैव माद्री च क्रोष्टुभार्ये बभूवतुः ॥ १० ॥ गान्धारी जनयामास अनमित्रं महाबलम् ॥ माद्री युधाजितं
पुत्रं ततो वै देवमीढुषम् ॥ ११ ॥ अनमित्रममित्राणां जेतारमपराजितम् ॥ अनमित्रसुतो निघ्नो निघ्नतो द्वौ बभूवतुः ॥ १२ ॥ प्रसेनश्चाथ
सत्राजिच्छत्रुसेनाजितावुभौ ॥ प्रसेनो द्वारवत्यां तु निवसन्त्यां महामणिम् ॥ १३ ॥ दिव्यं स्यमन्तकं नाम समुद्रादुपलब्धवान् ॥ तस्य सत्राजितः
सूर्यः सखा प्राणसमोऽभवत् ॥ १४ ॥ स कदाचिन्निशापाये रथेन रथिनां वरः ॥ अब्धिकूलमुपस्प्रष्टुमुपस्थातुं ययौ रविम् ॥ १५ ॥ तस्योपतिष्ठतः
सूर्यं विवस्वानग्रतः स्थितः ॥ अस्पष्टमूर्तिर्भगवांस्तेजोमण्डलवान्प्रभुः ॥ १६ ॥ अथ राजा विवस्वन्तमुवाच स्थितमग्रतः ॥ यथैव व्योम्नि
पश्यामि सदा त्वां ज्योतिषाम्पते ॥ १७ ॥ तेजोमंडलिनं देवं तथैव पुरतः स्थितम् ॥ को विशेषोऽस्ति मे त्वत्तः सख्येनोपागतस्य वै ॥ १८ ॥
एतच्छ्रुत्वा तु भगवान्मणिरत्नं स्यमन्तकम् ॥ स्वकण्ठादवमुच्यैव एकान्ते न्यस्तवान्विभुः ॥ १९ ॥ ततो विग्रहवन्तं तं ददर्श नृपतिस्तदा ॥
प्रीतिमानथ तं दृष्ट्वा मुहूर्तं कृतवान्कथाम् ॥ २० ॥ तमपि प्रस्थितं भूयो विवस्वन्तं स सत्रजित् ॥ लोकानुद्भासयस्येतान् येन त्वं सततं

करनेके लिए समुद्रतटपर गया ॥ १५ ॥ वहाँ सत्राजित्के स्तुति करते ही सूर्यभगवान सम्मुख आ उपस्थित हुए। उस समय उनकी तेजोमयी एवं मण्डलाकार अस्पष्ट मूर्ति दिखायी दे रही थी। तदनन्तर राजा सत्राजित्ने सम्मुख उपस्थित सूर्यदेवसे कहा—हे ज्योतिष्पते! मैं नित्य आकाशमें आपको मण्डलाकार देखता हूँ और अपने सम्मुख भी उसी रूपमें उपस्थित देख रहा हूँ। तब आपके साथ मैत्रीभाव रखनेसे मुझे विशेष फल क्या मिला? ॥ १६–१८ ॥ राजा सत्राजित्के वचन सुनकर भगवान भास्करने स्यमन्तक नामका मणि अपने गलेसे उतारकर एकान्तमें रख दिया ॥ १९ ॥ तब सत्राजित्ने उन्हें मूर्तिमान रूपमें समक्ष उपस्थित देखा और मुहूर्तभर वार्तालाप करनेके बाद चलते समय उसने कहा—भगवन्! जिस मणि द्वारा आप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तीनों लोकोंको प्रकाशमान करते हैं, वह मणि आप मुझे दे दिजिए ॥ २० ॥ २१ ॥ यह सुनते ही सूर्यभगवानने स्यमन्तक मणि उसे दे दिया और राजा सत्राजित् वह मणि पहनकर अपनी पुरीमें आया ॥ २२ ॥ पुरीमें प्रविष्ट होते समय सभी लोग 'ये सूर्यभगवान आ रहे हैं' ऐसा कहते हुए चारों ओरसे दौड़ पड़े। इस प्रकार सारी द्वारकापुरीको चकित करके सत्राजित् अपने महलमें चला गया ॥२३॥ इसके बाद राजा सत्राजित्ने बड़े प्रेमके साथ वह मणि अपने सहोदर भ्राता प्रसेनजित्को दे दिया ॥२४॥ तबसे वृष्णियों और अन्धकोंके भवनमें सोना बरसने लगा, समयपर जलवर्षा होने लगी और आधि-व्याधि नष्ट हो गयी ॥ २५ ॥ बादमें भगवान श्रीकृष्णने वह मणि पानेकी इच्छा की, किन्तु अनायास प्राप्त कर लेनेका उपाय रहते हुए भी उन्होंने उसे न लिया और न छीना ॥ २६ ॥ कुछ दिनों बाद प्रसेन उसे पहनकर मृगया करने वनको गया। वहाँ एक सिंहने उसे देखा तो मणिके लोभसे आकृष्ट होकर उसको मार

प्रभो ॥ तदेतन्मणिरत्नं मे भगवन्दातुमर्हसि ॥ २१ ॥ 'ततः स्यमन्तकमणिं दत्तवांस्तस्य भास्करः ॥ स तमाबध्य नगरीं प्रविवेश महीपतिः
॥ २२ ॥ तं जनाः पर्यधावन्त सूर्योऽयं गच्छतीति ह ॥ पुरीं विस्मापयित्वा च राजा त्वन्तःपुरं ययौ ॥ २३ ॥ तत्प्रसेनजितं दिव्यं मणि-
रत्नं स्यमन्तकम् ॥ ददौ भ्रात्रे नरपतिः प्रेम्णा सत्राजिदुत्तमम् ॥ २४ ॥ स मणिः स्यन्दते रुक्मं वृष्ण्यण्धकनिवेशने ॥ कालवर्षी च पर्जन्यो न
च व्याधिभयं ह्यभूत् ॥ २५ ॥ लिप्सां चक्रे प्रसेनात्तु मणिरत्ने स्यमन्तके ॥ गोविन्दो न च तल्लेभे शक्तोऽपि न जहार सः ॥ २६ ॥
कदाचिन्मृगयां यातः प्रसेनस्तेन भूषितः ॥ स्यमन्तककृते सिंहाद्वधं प्राप वनेचरात् ॥ २७ ॥ अथ सिंहं प्रधावन्तमृक्षराजो महाबलः ॥ निहत्य
मणिरत्नं तदादाय बिलमाविशत् ॥ २८ ॥ ततो वृष्ण्यन्धकाः कृष्णं प्रसेनवधकारणात् ॥ प्रार्थनां तां मणेर्बुद्ध्वा सर्व एव शशंकिरे ॥ २९ ॥ स
शङ्क्यमानो धर्मात्मा नकारी तस्य कर्मणः ॥ आहरिष्ये मणिमिति प्रतिज्ञाय वनं ययौ ॥ ३० ॥ यत्र प्रसेनो मृगयामाचरत्तत्र चाप्यथ ॥ प्रसेनस्य
पदं गृह्य पुरुषैराप्तकारिभिः ॥ ३१ ॥ ऋक्षवन्तं गिरिवरं विन्ध्यं च गिरिमुत्तमम् ॥ अन्वेषयन्परिश्रान्तः स ददर्श महामनाः ॥ ३२ ॥ साश्वं हतं
प्रसेनं वै नाविन्दच्चेप्सितं मणिम् ॥ अथ सिंहः प्रसेनस्य शरीरस्याविदूरतः ॥ ३३ ॥ ऋक्षेण निहतो दृष्टः पादैर्ऋक्षश्च सूचितः ॥ पादैरन्वेषयामास

डाला ॥ २७ ॥ सिंह जब मणि लिये भागा जा रहा था तो ऋक्षराजने उसे मार डाला और मणि लेकर अपनी कन्दरामें चला गया ॥ २८ ॥ इधर द्वारकामें सब वृष्णि और अन्धकवंशी वीर परस्पर कहने लगे—"श्रीकृष्ण उस मणिको लेना चाहते थे। अतएव उन्होंने ही प्रसेनजित्को मार डाला होगा" यह कहकर उनपर संदेह करने लगे ॥२९॥ महात्मा कृष्णने तो वैसा किया नहीं था। अतएव द्वारकावालोंका सन्देह निवृत्त करनेके लिए उन्होंने मणि खोज लानेकी प्रतिज्ञा की और प्रसेनजित्का पदचिह्न देखते हुए वनमें गये ॥ ३० ॥ उनके साथ उनके बहुतेरे सेवक भी गये। वे लोग ऋक्षवान् पर्वत तथा रमणीक विन्ध्याचल प्रभृति विविध स्थानोंपर जाकर खोजते-खोजते थक गये। अन्तमें उन्होंने एक स्थानपर देखा कि प्रसेनजित् अपने घोड़े समेत मरकर पड़ा है। किन्तु वह मणि उसके पास नहीं है। फिर उन्होंने देखा कि पास ही एक सिंह मरा पड़ा है ॥३१–३३॥ वहाँका पदचिह्न देखनेसे वह ऋक्षका पदचिह्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ज्ञात हुआ। अब ऋक्षके पदचिह्नका अनुसरण करते हुए कृष्ण उसकी गुफाके पास जा पहुँचे ॥ ३४ ॥ उस कन्दराके भीतरसे स्त्रियोंकी मधुर वाणी सुनायी दी। एक धाय ऋक्षराज जाम्बवान्‌के पुत्रको खेला रही थी। बालक रो रहा था। उसे चुप करानेके लिए धाय कह रही थी—"सिंहने प्रसेनको मारा और बादमें जाम्बवान्‌ने उस सिंहको मार डाला। वत्स सुकुमार! मत रोओ। अब स्यमन्तक मणि तुम्हारा है।" ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ इन स्पष्ट शब्दोंको सुनकर श्रीकृष्णने बलराम समेत अन्य लोगोंको गुफाके द्वारपर ही छोड़ दिया और स्वयं उस कन्दरामें घुस गये और वहाँ जाम्बवान् कृष्णको उपस्थित रखकर उनके साथ लड़ने लगे। इस प्रकार पूरे इक्कीस दिन तक दोनोंमें बाहुयुद्ध होता रहा ॥ ३७–३९ ॥ उधर देर होते देखकर बलराम आदि यादव द्वारका लौट आये और वहाँ यह घोषणा कर दी कि कृष्ण मार डाले गये ॥ ४० ॥ उधर श्रीकृष्णने महाबली ऋक्षराज जाम्बवान्‌को पराजित करके स्यमन्तक मणि और ऋक्षराजकी

गुहामृक्षस्य माधवः ॥ ३४ ॥ महत्यृक्षबिले वाणीं शुश्राव प्रमदेरिताम् ॥ धात्र्या कुमारमादाय सुतं जाम्बवतो नृप ॥ क्रीडापयन्त्या मणिना मा
रोदीरित्यथेरिताम् ॥ ३५ ॥ धात्र्युवाच ॥ सिंहः प्रसेनमवधीत्सिंहो जाम्बवता हतः ॥ सुकुमारक मा रोदीस्तव ह्येष स्यमन्तकः ॥ ३६ ॥ सुव्य-
क्तीकृतशब्दस्तु तूर्णीं बिलमथाविशत् ॥ प्रविश्य चापि भगवांस्तमृक्षबिलमञ्जसा ॥ ३७ ॥ स्थापयित्वा बिलद्वारि यदूँल्लाङ्गलिना सह ॥ शार्ङ्ग-
धन्वा बिलस्थं तु जाम्बवन्तं ददर्श ह ॥ ३८ ॥ युयुधे वासुदेवस्तु बिले जाम्बवता सह ॥ बाहुभ्यामेव गोविन्दो दिवसानेकविंशतिम् ॥ ३९ ॥
प्रविष्टे तु बिले कृष्णे बलदेवपुरःसराः ॥ पुरीं द्वारवतीमेत्य हतं कृष्णं न्यवेदयन् ॥४०॥ वासुदेवस्तु निर्जित्य जाम्बवन्तं महाबलम् ॥ भेजे जाम्बवतीं
कन्यामृक्षराजस्य संमताम् ॥ मणिं स्यमन्तकं चैव जग्राहात्मविशुद्धये ॥ ४१ ॥ अनुनीयर्क्षराजानं निर्ययौ च तदा बिलात् ॥ द्वारकामगमत्कृष्णः
श्रिया परमया युतः ॥ ४२ ॥ एवं स मणिमाहृत्य विशोध्यात्मानमच्युतः ॥ ददौ सत्राजिते तं वै सर्वसात्त्वतसंसदि ॥ ४३ ॥ एवं मिथ्याऽभिश-
स्तेन कृष्णेनामित्रघातिना ॥ आत्मा विशोधितः पापाद्विनिर्जित्य स्यमन्तकम् ॥४४॥ सत्राजितो दश त्वासन्भार्यास्तासां शतं सुताः ॥ ख्यातिमन्त-
स्त्रयस्तेषां भङ्गकारस्तु पूर्वजः ॥ ४५ ॥ वीरो वातपतिश्चैव उपस्वावांश्च ते त्रयः ॥ कुमार्यश्चापि तिस्रो वै दिक्षु ख्याता नराधिप ॥ ४६ ॥ सत्यभा-
मोत्तमा स्त्रीणां व्रतिनी च दृढव्रता ॥ तथा प्रस्वापिनी चैव भार्यां कृष्णाय तां ददौ ॥ ४७ ॥ समाक्षो भंगकारस्य नारेयश्च नरोत्तमौ ॥ जज्ञाते

कन्या जाम्बवतीको प्राप्त किया। उन्होंने अपना कलंक मिटानेके लिए स्यमन्तक मणि लेकर जाम्बवान्‌के प्रति शिष्टाचार व्यक्त किया और बिलके बाहर आये तो देखा कि सहचर आदिमेंसे कोई भी वहाँ नहीं है। तब परम श्रीसम्पन्न कृष्ण अकेले ही द्वारका चले आये ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ इस प्रकार मणि प्राप्त करके शत्रुतापन भगवान कृष्णने मिथ्यापवादका दोष दूर करते हुए वह मणि सब सात्वतवंशियोंके समक्ष सत्राजित्‌को दे दिया ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ सत्राजित्‌के दस स्त्रियाँ थीं। उनके गर्भसे सौ पुत्र उत्पन्न हुए। उनमें सबसे ज्येष्ठ भङ्गकार था। उनमें भी तीन विशेष प्रसिद्ध थे—वीरवर वातपति, उपस्वावान् और भंगकार। उसी प्रकार विख्यात तीन कन्यायें भी थीं—स्त्रीरत्न सत्यभामा, व्रतिनी और प्रस्वापिनी। सत्राजित्‌ने ये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तीनों कन्यायें भार्या बनानेके लिए भगवान कृष्णको दे दीं ॥४५-४७॥ सत्राजित्पुत्र भंगकारके दो पुत्र हुए—समाक्ष और नारेय। ये दोनों रूप-गुणसम्पन्न तथा लोकविख्यात थे ॥४८॥
माद्रीके गर्भसे उत्पन्न युधाजित्का पुत्र पृश्नि हुआ। पृश्निके दो पुत्र थे—श्वफल्क और चित्रक ॥ ४९ ॥ श्वफल्कका विवाह काशिराजकी कन्या गान्दिनीके साथ हुआ, जिसका पिता नित्य
गोदान करता था ॥५०॥ गान्दिनीके गर्भसे महाबाहु श्रुतवान्, याज्ञिक एवं विपुलदक्षिण अक्रूर, उपमद्गु, मद्गु, अरिमेजय, मृदुर, गिरिक्षिप, उपेक्ष, धार्मिक एवं यतिधर्मा गृध्र, ओजा-
न्तक, आवाह और प्रतिवाह नामक पुत्र तथा एक सर्वाङ्गसुन्दरी कन्या उत्पन्न हुई ॥ ५१-५३ ॥ रूप और यौवनसे सम्पन्न तथा सब लोगोंका मन मोहनेवाली वह कन्या आगे चलकर
साम्बकी पत्नी बनी ॥५४॥ अक्रूरने अपनी भार्या उग्रसेनीसे दो देवोपम पुत्र उत्पन्न किये—सुदेव और उपदेव ॥५५॥ चित्रकके—पृथु, विपृथु, अश्वसेन, सुपार्श्वक और गवेषण ये पाँच पुत्र

गुणसम्पन्नौ विश्रुता रूपसम्पदा ॥४८॥ माद्रीपुत्रस्य जज्ञेऽथ पृश्निः पुत्रो युधाजितः ॥ जज्ञाते तनयौ पृश्नेः श्वफल्कश्चित्रकस्तथा ॥४९॥ श्वफल्कः
काशिराजस्य सुतां भार्यामविन्दत ॥ गांदिनीं नाम तस्याश्च सदा गाः प्रददौ पिता ॥ ५० ॥ तस्यां जज्ञे महाबाहुः श्रुतवानिति विश्रुतः ॥
अक्रूरोऽथ महाभागो यज्वा विपुलदक्षिणः ॥ ५१ ॥ उपमद्गुस्तथा मद्गुर्मृदुरश्चारिमेजयः ॥ गिरिक्षिपस्तथोपेक्षः शत्रुहा चारिमर्दनः ॥ ५२ ॥
धर्मभृच्चापि धर्मी च गृध्रभोजान्तकस्तथा ॥ आवाहप्रतिवाहौ च सुन्दरी च वराङ्गना ॥ ५३ ॥ विश्रुता साम्बमहिषी कन्या चास्य वसुन्धरा ॥
रूपयौवनसम्पन्ना सर्वसत्त्वमनोहरा ॥ ५४ ॥ अक्रूरेणोग्रसेन्यां तु सुतौ द्वौ कुरुनन्दन ॥ सुदेवश्चोपदेवश्च जज्ञाते देववर्चसौ ॥ ५५ ॥ चित्रकस्या-
भवन्पुत्राः पृथुर्विपृथुरेव च ॥ अश्वसेनोऽश्वबाहुश्च सुपार्श्वकगवेषणौ ॥ ५६ ॥ अरिष्टनेमेश्च सुता धर्मा धर्मभृदेव च ॥ सुबाहुर्बहुबाहुश्च
श्रविष्ठाश्रवणे स्त्रियौ ॥ ५७ ॥ इमां मिथ्याऽभिशस्तिं यः कृष्णस्य समुदाहृताम् ॥ वेद मिथ्याऽभिशापास्तं न स्पृशन्ति कदाचन ॥ ५८ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वण्यष्टत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ यत्तत्सत्राजिते कृष्णो मणिरत्नं स्यमन्तकम् ॥ अदात्तद्धारयामास बभ्रुर्वै शतधन्वना ॥ १ ॥ यदा हि प्रार्थयामास
सत्यभामामनिन्दिताम् ॥ अक्रूरोऽन्तरमन्विच्छन्मणिं चैव स्यमन्तकम् ॥ २ ॥ सत्राजितं ततो हत्वा शतधन्वा महाबलः ॥ रात्रौ तं मणिमादाय

हुए ॥ ५६ ॥ अरिष्टनेमिके—धर्मा, धर्मभृत्, सुबाहु, बहुबाहु ये पुत्र तथा श्रविष्ठा और श्रवणा ये दो पुत्रियाँ हुईं। ५७ ॥ हे महाराज! जो लोग भगवान कृष्णके मिथ्या कलंकके इस
आख्यानको जानते हैं, उन्हें कभी मिथ्यापवाद स्पर्श भी नहीं करता ॥ ५८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि भाषाटीकायामष्टत्रिंशः सर्गः ॥ ३८ ॥

(स्यमन्तक मणिके लिए भगवान कृष्ण द्वारा शतधन्वाका वध) वैशम्पायन बोले—राजन्! भगवान् कृष्णने सत्राजित्को जो स्यमन्तक मणि दिया था, उसे अक्रूरने वीर
शतधन्वा द्वारा अपहरण कराके आत्मसात् कर लिया ॥ १ ॥ बात यह हुई कि जब सत्राजित्को कृष्णसे वह रत्न मिला, तभीसे अक्रूर और सुन्दरी सत्यभामा उस मणिकी माँग बराबर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करती रहीं। जब उनकी प्रार्थना सफल नहीं हुई, तब एक रोज रातके समय वीर शतधन्वाने सत्राजित्‌को मार डाला और स्यमन्तक मणि लेकर अक्रूरको दे दिया ॥२॥३॥ अक्रूरने मणि लेते समय शतधन्वासे यह शपथ करायी कि मणि मेरे पास है, यह बात तुम किसीसे न कहोगे ॥ ४ ॥ कदाचित् कृष्ण इसके लिए कभी तुमपर आक्रमण करेंगे तो मैं तुम्हारा साथ दूँगा। क्योंकि इस समय सारी द्वारकापुरी मेरे वशमें है ॥ ५ ॥ हे महाराज! उधर पिताके मरणसे दुःखिनी सत्यभामा रथपर सवार होकर हस्तिनापुरी जा पहुँचीं ॥ ६ ॥ वहाँ उन्होंने अपने पति श्रीकृष्णको शतधन्वाकी सारी करनी कह सुनायी और रोने लगीं ॥७॥ उस समय भगवान वासुदेव लाक्षागृहमें जले हुए पाण्डवोंका तर्पणमात्र कर पाये थे। तभी सत्यभामासे यह समाचार सुना तो पाण्डवोंकी और्ध्वदैहिक क्रियाका भार सात्यकिपर छोड़कर अतिशीघ्र द्वारका पहुँचे और वहाँ उन्होंने बलरामसे कहा—॥८॥९॥ प्रसेनको सिंहने और सत्राजित्‌को

ततोऽक्रूराय दत्तवान् ॥ ३ ॥ अक्रूरस्तु ततो रत्नमादाय भरतर्षभ॥ समयं कारयांचक्रे नावेद्योऽहं त्वयेत्युत ॥ ४ ॥ वयमभ्युपयास्यामः कृष्णेन त्वामभिद्रुतम् ॥ ममाद्य द्वारका सर्वा वशे तिष्ठत्यसंशयम् ॥५॥ हते पितरि दुःखार्ता सत्यभामा यशस्विनी॥ प्रययौ रथमारुह्य नगरं वारणावतम् ॥ ६ ॥ सत्यभामा तु तद्वृत्तं भोजस्य शतधन्वनः ॥ भर्त्तुर्निवेद्य दुखार्ता पार्श्वस्थाऽश्रूण्यवर्तयत् ॥ ७ ॥ पाण्डवानां तु दग्धानां हरिः कृत्वोदकं तदा ॥ कुल्यार्थे चापि पाण्डूनां न्ययोजयत सात्यकिम् ॥ ८ ॥ ततस्त्वरितमागत्य द्वारकां मधुसूदनः ॥ पूर्वजं हलिनं श्रीमानिदं वचनमब्रवीत् ॥ ९ ॥ हतः प्रसेनः सिंहेन सत्राजिच्छतधन्वना ॥ स्यमन्तकः स मद्गामी तस्य प्रभुरहं विभो ॥१०॥ तदारोह रथं शीघ्रं भोजं हत्वा महाबलम्॥ स्यमन्तको महाबाहो ह्यस्माकं सम्भविष्यति ॥११॥ ततः प्रववृते युद्धं तुमुलं भोजकृष्णयोः ॥ शतधन्वा ततोऽक्रूरमवैक्षत्सर्वतो दिशम् ॥ १२ ॥ संरब्धौ तावुभौ दृष्ट्वा तत्र भोजजनार्दनौ ॥ शक्तोऽपि शाठ्याद्धार्दिक्यमक्रूरो नाभ्यपद्यत ॥ १३ ॥ अपयाने ततो बुद्धिं भोजश्चक्रे भयार्दितः ॥ योजनानां शतं साग्रं हयया प्रत्यपद्यत ॥ १४ ॥ विख्याता हृदया नाम शतयोजनगामिनी॥ भोजस्य वडवा राजन् यया कृष्णमयोधयत् ॥ १५ ॥ क्षीणां जवेन च हयामध्वनः शतयोजने ॥ दृष्ट्वा रथस्य तां वृद्धिं शतधन्वानमार्दयत् ॥ १६ ॥ ततस्तस्या हयायास्तु श्रमात्खेदाच्च भारत ॥ खमु-

शतधन्वाने मार डाला। ऐसी दशामें स्यमन्तक मणि मुझे मिलना चाहिए ॥ १० ॥ सो आप एक द्रुतगामी रथपर सवार होकर जाइए और शतधन्वाको मारकर मणि छीन लीजिए। हे महाबाहो! तभी स्यमन्तक हमारे हाथ आयेगा ॥ ११ ॥ इसके बाद शतधन्वा और कृष्णमें घोर युद्ध छिड़ गया। तब शतधन्वा चारों ओर अक्रूरको ढूँढ़ने लगा ॥ १२ ॥ शतधन्वा और कृष्णमें युद्ध आरम्भ हो जानेपर शक्ति रहते हुए भी शठतावश अक्रूरने युद्धमें शतधन्वाकी सहायता नहीं की ॥ १३ ॥ तब शतधन्वाने भयभीत होकर द्वारकासे भाग जानेका निश्चय किया। शतधन्वाके पास सौ योजन दूर जानेवाली हृदया नामकी एक घोड़ी थी। इसी घोड़ीके सहारे वह कृष्णके साथ लड़ रहा था। अब उसी घोड़ीपर सवार होकर शतधन्वा भागा और सौ योजन दूर निकल गया। इतनी दूर दौड़नेके कारण घोड़ी थक गयी, जिससे उसका वेग समाप्त हो गया। शतधन्वाने जब देखा कि कृष्णका रथ समीप आ गया है तो वह घोड़ी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छोड़कर पैदल ही भागा। उधर भगवान कृष्णके रथमें जुते घोड़े भी बहुत थक गये थे। इस कारण वे आगे बढ़नेमें अनिच्छा प्रगट करते हुए ऊधम मचाने लगे। तब श्रीकृष्णने बलरामसे कहा—॥ १४–१७ ॥ भैया! हमारे घोड़े थक गये हैं। अतएव आप यहीं रुकिए। मैं पैदल ही शतधन्वाका पीछा करके मणि छीन लिये आ रहा हूँ ॥१८॥ इसके बाद शस्त्रास्त्रविशेषज्ञ कृष्णने पावँपयादे दौड़कर शतधन्वाका पीछा किया और मिथिलाके पास पहुँचकर शतधन्वाको मार डाला ॥ १९ ॥ किन्तु उसके पास स्यमन्तक मणि नहीं मिला। जब वे लौटकर बलरामके पास पहुँचे तो उन्होंने कहा—कृष्ण! मणि लाओ ॥२०॥ कृष्णने कहा–मणि तो उसके पास नहीं निकला। तब बलरामने कुपित होकर कृष्णको बारम्बार धिक्कारते हुए कहा—"कृष्ण! तुम मेरे भाई हो। इसलिए मैं कुछ नहीं कह सकता। तुम्हारा कल्याण हो। मैं जा रहा हूँ। अब मुझे तुमसे, द्वारकासे और वृष्णिवंशियोंसे कोई सरोकार नहीं है ॥२१॥२२॥

त्पेतुरथ प्राणाः कृष्णो राममथाब्रवीत् ॥ १७ ॥ तिष्ठस्वेह महाबाहो दृष्टदोषा हया मया ॥ पद्भ्यां गत्वा हरिष्यामि मणिरत्नं स्यमन्तकम् ॥ १८ ॥
पद्भ्यामेव ततो गत्वा शतधन्वानमच्युतः ॥ मिथिलामभितो राजञ्जघान परमास्त्रवित् ॥१९॥ स्यमन्तकं च नापश्यद्धत्वा भोजं महाबलम् ॥ निवृत्तं
चाब्रवीत्कृष्णं रत्नं देहीति लाङ्गली ॥ २० ॥ नास्तीति कृष्णश्चोवाच ततो रामो रुषान्वितः ॥ धिक्शब्दमसकृत्कृत्वा प्रत्युवाच जनार्दनम् ॥ २१ ॥
भ्रातृत्वान्मर्षयाम्येष स्वस्ति तेऽस्तु व्रजाम्यहम् ॥ कृत्यं न मे द्वारकया न त्वया न च वृष्णिभिः ॥२२॥ प्रविवेश ततो रामो मिथिलामरिमर्दनः ॥
सर्वकामैरुपचितैर्मैथिलेनाभिपूजितः ॥ २३ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु बभ्रुर्मतिमतां वरः ॥ नानारूपान्क्रतून्सर्वानाजहार निरर्गलान् ॥ २४ ॥
दीक्षामयं सकवचं रक्षार्थं प्रविवेश ह ॥ स्यमन्तककृते प्राज्ञो गान्दीपुत्रो महायशाः ॥ २५ ॥ अथ रत्नानि चान्यानि द्रव्याणि विविधानि च ॥
षष्टिवर्षाणि धर्मात्मा यज्ञेषु विनियोजयत् ॥ २६ ॥ अक्रूरयज्ञा इति ते ख्यातास्तस्य महात्मनः ॥ बह्वन्नदक्षिणाः सर्वे सर्वकामप्रदायिनः ॥ २७ ॥
अथ दुर्योधनो राजा गत्वा तु मिथिलां प्रभुः ॥ गदाशिक्षां ततो दिव्यां बलभद्रादवाप्तवान् ॥ २८ ॥ प्रसाद्य तु ततो रामो वृष्ण्यन्धकमहारथैः ॥
आनीतो द्वारकामेव कृष्णेन च महात्मना ॥ २९ ॥ अक्रूरस्त्वन्धकैः सार्द्धमथायाद्भरतर्षभ ॥ हत्वा सत्राजितं युद्धे सहबन्धुं महाबलम् ॥ ३० ॥

ऐसा कहकर बलराम मिथिला चले गये। वहाँ मिथिलेशने उनका बड़ा आदर-सत्कार किया ॥२३॥ उधर बुद्धिमान् अक्रूरने स्यमन्तक मणिको बचानेके लिए सोचा कि "यदि मैं यज्ञकी दीक्षा ले लूँ तो कोई मुझसे लड़ाई न ठानेगा।" इसी अभिप्रायसे उन्होंने दीक्षाकवच धारण कर लिया और व्यर्थ विविध प्रकारके यज्ञ करने लगे ॥ २४ ॥ २५ ॥ उनके यज्ञोंकी परम्परा निरन्तर साठ वर्षतक चलती रही और उनमें उन्होंने विविध प्रकारके धन-रत्नका व्यय किया ॥ २६ ॥ आगे चलकर ये सभी अभीष्ट फलप्रद यज्ञ 'अक्रूरयज्ञ' के नामसे विख्यात हो गये ॥ २७ ॥ इसी समय दुर्योधन मिथिला गया और वहाँ उसने बलरामजीसे गदायुद्धकी कला सीखी ॥ २८ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्ण महारथी वृष्णि और अन्धकवंशके सम्मानित महापुरुषोंको साथ लेकर गये और बलरामजीको मनाकर द्वारका ले आये ॥२९॥ उधर अक्रूरने बन्धु-बान्धवों समेत महाबली सत्राजित्को मार डाला और द्वारका छोड़कर अन्धकवंशियोंके साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्यत्र चले गये ॥ ३० ॥ महात्मा कृष्णने सजातीयोंमें फूट पड़नेके भयसे अबतक अक्रूरकी उपेक्षा की थी। द्वारकासे अक्रूरके चले जानेपर इन्द्रने वहाँ जल बरसाना बन्द कर दिया ॥ ३१ ॥ इस अनावृष्टिके कारण राज्यकी बड़ी क्षति हुई। तब कुकुर और अन्धकवंशके लोग जाकर फिर उन्हें मना लाये ॥ ३२ ॥ उनके द्वारका आते ही समुद्रतटवर्ती प्रदेशोंमें वर्षा होने लगी ॥३३॥ द्वारकामें आकर अक्रूरने भगवान कृष्णको प्रसन्न करनेके लिए उन्हें अपनी सुन्दरी कन्या और सुशील बहिन अर्पण कर दी॥३४॥ संयोगवश श्रीकृष्णको जब यह मालूम हुआ कि स्यमन्तकमणि अक्रूरके पास है, तब सभामें एक दिन उन्होंने अक्रूरसे कहा—आर्य! आपके पास स्यमन्तक मणि है। उसे आप दे दीजिए। हमारे साथ कोई छल न करिएगा ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ क्योंकि आजके साठ वर्ष पहले मेरा जो क्रोधानल भड़का था, बहुत समय व्यतीत हो जानेपर भी आज वह क्रोध फिर बार-बार उमड़ रहा है ॥३७॥ हे महाराज!

ज्ञातिभेदभयात्कृष्णस्तमुपेक्षितवानथ ॥ अपयाते तथाऽक्रूरे नावर्षत्पाकशासनः ॥ ३१ ॥ अनावृष्ट्या यदा राज्यमभवद्बहुधा कृशम् ॥ ततः प्रसादयामासुरक्रूरं कुकुरान्धकाः ॥ ३२ ॥ पुनर्द्वारवतीं प्राप्ते तस्मिन्दानपतौ ततः ॥ प्रववर्ष सहस्राक्षः कच्छे जलनिधेस्तदा ॥ ३३ ॥ कन्यां च वासुदेवाय स्वसारं शीलसम्मताम् ॥ अक्रूरः प्रददौ धीमान्प्रीत्यर्थं कुरुनन्दन ॥ ३४ ॥ अथ विज्ञाय योगेन कृष्णो बभ्रुगतं मणिम् ॥ सभामध्यगतं प्राह तमक्रूरं जनार्दनः ॥ ३५ ॥ यत्तद्रत्नं मणिवरं तव हस्तगतं विभो ॥ तत्प्रयच्छस्व मानार्ह मयि माऽनार्यकं कृथाः ॥ ३६ ॥ षष्टिवर्षे गते काले यद्रोषोऽभून्ममानघ ॥ स संरूढोऽसकृत्प्राप्तस्ततः कालात्ययो महान् ॥ ३७ ॥ ततः कृष्णस्य वचनात्सर्वसात्वतसंसदि ॥ प्रददौ तं मणिं बभ्रुरक्लेशेन महामतिः ॥ ३८ ॥ ततस्तमार्ज्जवप्राप्तं बभ्रोर्हस्तादरिन्दमः ॥ ददौ हृष्टमनाः कृष्णस्तं मणिं बभ्रवे पुनः ॥ ३९ ॥ स कृष्णहस्तात्संप्राप्तं मणिरत्नं स्यमन्तकम् ॥ आबध्य गान्दिनीपुत्रो विरराजांशुमानिव ॥ ४० ॥ यस्त्वेवं शृणुयान्नित्यं शुचिर्भूत्वा समाहितः ॥ सुखानां सकलानां च फलभागिह जायते ॥ ४१ ॥ आ ब्रह्मभुवनाच्चापि यशःख्यातिर्न संशयः ॥ भविष्यति नृपश्रेष्ठ सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वण्येकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

जनमेजय उवाच ॥ प्रादुर्भावान्पुराणेषु विष्णोरमिततेजसः ॥ सतां कथयतामेव वाराह इति नः श्रुतम् ॥ १ ॥ न जाने तस्य चरितं न

महाबुद्धिमान् अक्रूरने श्रीकृष्ण भगवानके वचन सुनकर तत्काल उस सभामें ही वह मणि उन्हें दे दिया ॥३८॥ महात्मा श्रीकृष्णने अक्रूरकी सरलतासे प्रसन्न होकर वह मणि फिर अक्रूरको लौटा दिया ॥ ३९ ॥ गान्दिनीनन्दन अक्रूरने उसे पाते ही पहन लिया। जिससे वे सूर्यभगवानके समान देदीप्यमान हो उठे ॥ ४० ॥ जो मनुष्य पवित्रताके साथ और शांत चित्तसे नियमके साथ इस कथाका श्रवण करता है, उसकी सभी शुभ कामनायें पूर्ण हो जाती हैं। उस प्राणीका ब्रह्मलोक पर्यन्त यशोगान होता है। यह मैं आपसे सत्य कह रहा हूँ ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

(वराहभगवानके जन्मका वृत्तान्त) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजयने कहा—भगवन्! मैंने पुराणोंमें अवतारसम्बन्धी कथाओंके प्रसंगमें सज्जनोंके मुखसे अमित तेजस्वी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नारायणके वराहरूप धारण करनेकी बात सुनी है ॥१॥ किन्तु उनके चरित्र, विविध गुण-कर्म, उनके ऐसा करनेका कारण, उनका अभिप्राय, देवता, देश-कालभेदसे उनके कार्य, उनका अधिकार और रूपादि सम्पादनके विषयोंको मैं भली भाँति नहीं जानता ॥२॥ वे कैसे वराह थे? उनका स्वरूप कैसा था? इस मूर्तिकी अधिष्ठात्री देवी कौन थी? उनका कार्य कैसा था? उनमें सामर्थ्य कितनी थी? उन्होंने उस समय कौनसा कार्य सम्पन्न किया था? ॥३॥ यह सब मैं कुछ नहीं जानता। एक बार किसी यज्ञके उपलक्ष्यमें बहुतेरे ब्राह्मण एकत्र हुए थे। उन्हींके द्वारा मैंने वेदव्यासकथित वराहचरितकी बात सुनी थी, जिससे ज्ञात हुआ कि नारायणने वराहरूप धारण करके अपने दाँतों द्वारा समुद्रसे पृथिवीका उद्धार किया था ॥ ४ ॥ ५ ॥ अतएव आप विस्तृतरूपसे उनके अवतार, उस अवतारविशेषका कार्य एवं ब्राह्मी प्रकृतिके विषयको ठीक-ठीक वर्णन करिए॥ ६ ॥ ७ ॥ हे तपोधन! जो देवताओंके प्रभु थे और जिन्होंने

विधिं नैव विस्तरम् ॥ न कर्मगुणसंतानं न हेतुं न मनीषितम् ॥ २ ॥ किमात्मको वराहः स का मूर्तिः का च देवता ॥ किमाचारः प्रभावो वा किं वा तेन पुरा कृतम् ॥ ३ ॥ यज्ञार्थं समवेतानां मिषतां च द्विजन्मनाम् ॥ महावराहचरितं कृष्णद्वैपायनेरितम् ॥ ४ ॥ यथा नारायणो ब्रह्मन्वाराहं रूपमास्थितः ॥ दंष्ट्रया गां समुद्रस्थामुज्जहारारिसूदनः ॥ ५ ॥ विस्तरेणैव कर्माणि सर्वाणि रिपुघातिनः ॥ श्रोतुमिच्छाम्यशेषेण हरेः कृष्णस्य धीमतः ॥ ६ ॥ कर्मणामानुपूर्व्याच्च प्रादुर्भावाच्च या विभोः ॥ या चास्य प्रकृतिर्ब्रह्मंस्तां च व्याख्यातुमर्हसि ॥ ७ ॥ कथं च भगवान्विष्णुः सुरशत्रुनिषूदनः ॥ वसुदेवकुले धीमान्वासुदेवत्वमागतः ॥८॥ अमरैरावृतं पुण्यं पुण्यकृद्भिर्निषेवितम् ॥ देवलोकं समुत्सृज्य मर्त्यलोकमिहागतः ॥९॥ देवमानुषयोर्नेता यो भुवः प्रभवो विभुः ॥ किमर्थं दिव्यमात्मानं मानुष्ये संन्ययोजयत् ॥ १० ॥ यश्चक्रं वर्त्तयत्येको मानुषाणामनामयम् ॥ मानुष्ये स कथं बुद्धिं चक्रे चक्रभृतां वरः ॥ ११ ॥ गोपायनं यः कुरुते जगतः सर्वलौकिकम् ॥ स कथं गां गतो देवो विष्णुर्गोपत्वमागतः ॥ १२ ॥ महाभूतानि भूतात्मा यो दधार चकार च ॥ श्रीगर्भः स कथं गर्भे स्त्रिया भूचरया धृतः ॥ १३ ॥ येन लोकान्क्रमैर्जित्वा त्रिभिस्त्रींस्त्रिदशेप्सया ॥ स्थापिता जगतो मार्गास्त्रिवर्गप्रभवास्त्रयः ॥ १४ ॥ योऽन्तकाले जगत्पीत्वा कृत्वा तोयमयं वपुः ॥ लोकमेकार्णवं चक्रे दृश्या-

देवशत्रुओंका विनाश किया था, जो वसुदेवके कुलमें वासुदेवरूपसे अवतीर्ण हुए थे ॥ ८ ॥ पुण्यात्माओं द्वारा सेवित देवलोक जिनका निवासस्थान था, उसे त्यागकर जो मर्त्यलोकमें आये थे ॥९॥ जो देवताओं और मनुष्योंके नेता थे और भूर्भुवःस्वः आदि लोक जिनसे उत्पन्न हुए थे, उन महाप्रभुने अपना दिव्य शरीर मानवरूपमें क्यों नियुक्त किया? ॥१०॥ जो चक्रधारी भगवान अकेले इस अक्षय मनुष्यचक्रका परिचालन करते हैं, उन्होंने मानव बुद्धिका सहारा क्यों लिया? ॥ ११ ॥ जो प्रभु जगतीतलके सब प्राणियोंकी रक्षा करते हैं, वे भगवान विष्णु पृथिवीपर आकर गोप क्यों बने? ॥१२॥ जिन भूतात्मा प्रभुने पञ्चमहाभूतोंकी रचना करके उन्हें अपनेमें धारण किया, वे श्रीगर्भ भगवान् भूलोककी एक महिलाके गर्भमें क्यों आये? ॥१३॥ जिन्होंने देवताओंका कार्य सम्पादन करनेके लिए तीन पगमें सारी त्रिलोकी नाप ली और समस्त त्रिलोकीके लिए धर्मार्थकामप्रद त्रिविध मार्गकी स्थापना की ॥१४॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जो प्रलयकालमें समस्त संसारका संहार करनेके लिए जलमय शरीर धारण करके समस्त जगत्को एकार्णव कर देते हैं और केवल चिज्जड़ ज्ञान अवशिष्ट रह जाता है ॥१५॥ जो अनुमान पुराण पुरुष वराहरूप धारण करके अपने दन्ताग्रभागसे वसुन्धराका उद्धार करते हैं ॥ १६ ॥ पूर्वकालमें जिन्होंने असुरोंको जीतकर तीनों लाकोंका राज्य प्राप्त करके इन्द्रको दे दिया था ॥ १७ ॥ जिन्होंने पहले सिंह और बादमें नृसिंहका रूप धारण करके दैत्यराज हिरण्यकशिपुका वध किया ॥ १८ ॥ जिन्होंने और्व और संवर्तनामक अग्निका रूप धारण करके पातालगत समुद्रका सब जल पी लिया ॥ १९ ॥ हे ब्रह्मन्! जिन्हें लोग प्रत्येक युगमें सहस्रशीर्ष, सहस्रार, सहस्रद और सहस्रचरण कहकर पुकारते हैं ॥ २० ॥ स्थावर-जंगमात्मक समस्त विश्व विलीन होकर जब एकार्णव हो जाता है, तब जिनके नाभिनालसे ब्रह्माका घरस्वरूप कमल उत्पन्न होता है ॥ २१ ॥ तारकामय संग्राममें जिन्होंने सर्वदेवमय तथा सर्वायुधधारी

दृश्येन वर्त्मना ॥ १५ ॥ यः पुराणे पुराणात्मा वाराहं रूपमास्थितः ॥ विषाणाग्रेण वसुधामुज्जहारारिसूदनः ॥ १६ ॥ यः पुरा पुरुहूतार्थे त्रैलोक्यमिदमव्ययः ॥ ददौ जित्वाऽसुरगणान्सुराणां सुरसत्तमः ॥ १७ ॥ येन सैंहं वपुः कृत्वा द्विधा कृत्वा च तत्पुनः ॥ पूर्वं दैत्यो महावीर्यो हिरण्यकशिपुर्हतः ॥ १८ ॥ यः पुरा ह्यनलो भूत्वा और्वः संवर्तको विभुः ॥ पातालस्थोऽर्णवगतं पपौ तोयमयं हविः ॥ १९ ॥ सहस्रशिरसं ब्रह्मन्सहस्रारं सहस्रदम् ॥ सहस्रचरणं देवं यमाहुर्वै युगे युगे ॥ २० ॥ नाभ्यारण्यां समुत्पन्नं यस्य पैतामहं गृहम् ॥ एकार्णवजलस्थस्य नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥ २१ ॥ येन ते निहता दैत्याः संग्रामे तारकामये ॥ सर्वदेवमयं कृत्वा सर्वायुधधरं वपुः ॥ २२ ॥ गरुडस्तेन चोत्सिक्तः कालनेमिर्निपातितः ॥ निर्जितश्च मयो दैत्यस्तारकश्च महासुरः ॥ २३ ॥ उत्तरान्ते समुद्रस्य क्षीरोदस्यामृतोदधेः ॥ यः शेते शाश्वतं योगमास्थाय तिमिरं महत् ॥ २४ ॥ सुरारणिर्गर्भमधत्त दिव्यं तपःप्रकर्षाददितिः पुराणम् ॥ शक्रं च यो दैत्यगणावरुद्धं गर्भावसाने निभृतं चकार ॥ २५ ॥ पदानि यो लोकमयानि कृत्वा चकार दैत्यान्सलिलेशयांस्तान् ॥ कृत्वा च देवांस्त्रिदिवस्य देवांश्चक्रे सुरेशं त्रिदशाधिपत्ये ॥ २६ ॥ पात्राणि दक्षिणा दीक्षा चमसोलूखलानि च ॥ गार्हपत्येन विधिना अन्वाहार्येण कर्मणा ॥ २७ ॥ अग्निमाहवनीयं च वेदीं चैव कुशं स्रुवम् ॥ प्रोक्षणीयं ध्रुवां चैव आवभृथ्यं तथैव च ॥ २८ ॥ सुधात्रीणि च यश्चक्रे हव्यकव्यप्रदान्द्विजान् ॥ हव्यादांश्च सुरांश्चक्रे क्रव्यादांस्तु पितॄनपि ॥ २९ ॥ भागार्थे मन्त्रविधिना

रूप धारण करके और गरुड़पर सवार होकर दैत्योंका विनाश किया था ॥ २२ ॥ जिन्होंने बलदर्पित कालनेमिको मारा, मयदैत्यको जीता तथा तारकासुरका वध किया ॥ २३ ॥ जो मायामय योगका अवलम्बन करके क्षीरसागरके उत्तरी प्रान्तमें शयन करते हैं ॥ २४ ॥ जिन पुराणपुरुषको चिरकालीन तपस्याके बलसे अदितिने अपने गर्भमें धारण किया और उनसे अवतार लेकर जिन्होंने दैत्योंके चंगुलमें फँसे इन्द्रको उबारा ॥ २५ ॥ जिन्होंने वामनरूप धारण करके अपने लोकमय चरणों द्वारा दैत्योंको रसातल भेजकर देवेन्द्रको पुनः त्रिलोकीके राज्यपदपर स्थापित किया ॥ २६ ॥ जिनसे यज्ञपात्र, दक्षिणा, दीक्षा, चमस, उलूखल, गार्हपत्य-आहवनीय अग्नि, वेदी, कुशा, स्रुवा, प्रोक्षणीपात्र और यज्ञान्तमें स्नानकी सामग्रीका आविर्भाव हुआ ॥ २७ ॥ २८ ॥ जिनसे सुधा आदि त्रिविध द्रव्य एवं हव्य-कव्यप्रद ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति हुई और जिन्होंने देवताओंको हव्याद तथा पितरोंको क्रव्याद बनाया ॥ २९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जिनके यज्ञ कार्यके विभागार्थ समन्त्रक यूप, समिधा, स्रुवा, सोमरस, पवित्र वस्त्र, अग्निस्थापनका स्थान, सदस्य, यजमान एवं अश्वमेधादि उत्कृष्ट यज्ञोंकी सृष्टि हुई ॥३०॥३१॥ जिन्होंने पहले ही ब्रह्मा द्वारा निर्दिष्ट लोकयात्राका परिचालन करने और युगपर्यन्त गणना करनेके लिए क्षण, लव, कला, काष्ठा, भूत-भविष्य-वर्तमान कालत्रय, मुहूर्त, तिथि, मास, पक्ष, संवत्सर, ऋतु, कालयोग, नित्य-नैमित्तिक-काम्य ये त्रिविध कार्य, श्रुति-स्मृति-शिष्टाचारस्वरूप त्रिविध प्रमाण, आयु, स्थावर-जंगमात्मक शरीर, उनकी वृद्धि, त्रिपादादि लक्षण और रूपसौन्दर्यकी रचना की ॥ ३२–३४ ॥ जिन्होंने ब्राह्मणादि तीन वर्ण, भू आदि तीन लोक, ऋक्-यजुः आदि तीन वेद, गार्हपत्यादि तीन अग्नि, भूतादि तीन काल, सात्त्विकादि तीन प्रकारके कर्म, त्रिविध उपाय और सत्त्वादि तीन गुण उत्पन्न किये ॥ ३५ ॥ जिन्होंने अनन्त तीनों लोक और पंचभूतगुणात्मक जीवोंकी सृष्टि की और जो मनुष्योंके जन्म-मृत्यु द्वारा ब्रह्माण्डके

यश्चक्रे यज्ञकर्मणि ॥ यूपान्समित्स्रुवं सोमं पवित्रान्परिधीनपि ॥ ३० ॥ यज्ञियानि च द्रव्याणि यज्ञांश्च सचयानलान् ॥ सदस्यान् यजमानांश्च मेध्यादींश्च क्रतूत्तमान् ॥ ३१ ॥ विबभाज पुरा सर्वं पारमेष्ठ्येन कर्मणा ॥ योगानुरूपान् यः कृत्वा लोकाननुपराक्रमत् ॥ ३२ ॥ क्षणा लवाश्च काष्ठाश्च कलास्त्रैकाल्यमेव च ॥ मुहूर्तास्तिथयो मासाः पक्षाः संवत्सरास्तथा ॥ ३३ ॥ ऋतवः कालयोगाश्च प्रमाणं त्रिविधं त्रिषु ॥ आयुः क्षेत्राण्युपचयो लक्षणं रूपसौष्ठवम् ॥ ३४ ॥ त्रयो वर्णास्त्रयो लोकास्त्रैविद्यं पावकास्त्रयः ॥ त्रैकाल्यं त्रीणि कर्माणि त्रयोऽपायास्त्रयो गुणाः ॥ ३५ ॥ त्रयो लोकाः पुरा सृष्टा येनानन्त्येन कर्मणा ॥ सर्वभूतगणस्रष्टा सर्वभूतगुणात्मकः ॥ ३६ ॥ नृणामिन्द्रियपूर्वेण योगेन रमते च यः ॥ गतागताभ्यां यो नेता सर्वत्र जगदीश्वरः ॥ ३७ ॥ यो गतिर्धर्मयुक्तानामगतिः पापकर्मणाम् ॥ चातुर्वर्ण्यस्य प्रभवश्चातुर्होत्रस्य रक्षिता ॥ ३८ ॥ चातुर्विद्यस्य यो वेत्ता चातुराश्रम्यसंश्रयः ॥ दिगन्तरो नभोभूतो वायुरापो विभावसुः ॥३९॥ चन्द्रसूर्यमयं ज्योतिर्योगीशः क्षणदान्तकः ॥ यत्परं श्रूयते ज्योतिर्यत्परं श्रूयते तपः ॥४०॥ यं परं प्राहुरपरं यः परः परमात्मवान् ॥ नारायणपरा वेदा नारायणपराः क्रियाः ॥४१॥ नारायणपरो धर्मो नारायणपरा गतिः ॥ नारायणपरं सत्यं नारायणपरं तपः ॥४२॥ नारायणपरो मोक्षो नारायणपरायणम् ॥ आदित्यादिस्तु यो दिव्यो यश्च दैत्यान्तको विभुः ॥४३॥ युगान्तेष्वन्तको यश्च यश्च लोकान्तकान्तकः ॥ सेतुर्यो लोकसेतूनां मेध्यो यो मेध्यकर्मणाम् ॥ ४४ ॥ वेद्यो यो वेदविदुषां प्रभुर्यः प्रभवात्मनाम् ॥

नियन्ता होकर जीवरूपसे सबके दृष्टिगोचर होते हुए विषयसुखमें कालयापन करते हैं ॥ ३६ ॥ ३७ जो धर्मात्माओंके लिए अपायस्वरूप हैं। जिनके द्वारा चारों वर्ण उत्पन्न हुए हैं और चातुर्होत्र यज्ञ जिनसे सुरक्षित होता है ॥ ३८ ॥ जो आन्वीक्षिकी आदि चारों विद्याओंके ज्ञाता और चारों आश्रमोंके आश्रयदाता हैं। समस्त दिशायें जिनके भीतर विलीन रहती हैं। जो आकाश, भूमि, जल, वायु, अग्नि, चन्द्र, सूर्य तथा चक्षुके ज्योतिरूप हैं। जिन्हें लोग पर, अपर और परात्पर कहते हैं। वेद नारायणका ही निरूपण करते हैं और सभी कर्मोंका पर्यवसान नारायणमें ही होता है। धर्मका लक्ष्य नारायण ही हैं। समस्त गतियोंकी परम गति नारायण हैं, सत्यके आधार नारायण हैं और वे नारायण तपसे प्राप्त होते हैं। नारायण मोक्षके आधार हैं और वे ही परम आश्रयस्वरूप हैं। वे स्वर्गस्थित आदित्यस्वरूप हैं। वे विष्णु दैत्योंके विनाशक हैं ॥३९–४३॥ जो प्रलयान्तक तथा यमराजके भी यमराज हैं। जो लोकनियन्ताओंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मी नियन्ता हैं। जो पावनको भी पावन करते हैं ॥४४॥ जो वेदवेत्ताओंके भी जानने योग्य हैं। जो मरीच्यादि प्रभुओंके भी प्रभु हैं। जो प्रियदर्शनोंके लिए प्रियदर्शन और अग्निमय पुरुषोंके लिए अग्नि हैं ॥ ४५ ॥ जो मनुष्योंके मन, तपस्वियोंके तप, विनीतोंके विनय, तेजस्वियोंके तेज, शरीरधारियोंके शरीर और उपायवान् लोगोंके उपाय हैं ॥ ४६ ॥ विशेष करके आकाश वायुका, वायु अग्निका और अग्नि देवताओंका जीवन है। किन्तु भगवान मधुसूदन उस अग्निके भी जीवन हैं। रस अर्थात् इस अग्निसे परिपक्व अन्नादिके सारसे रक्त और रक्तसे मांस बनता है ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ उस मांससे मेद, मेदसे अस्थि, अस्थिसे मज्जा, मज्जासे शुक्र (वीर्य) और शुक्रसे गर्भाधान होता है। फलतः अन्नादि सारमय कार्य ही गर्भका मूल कारण होता है। इस गर्भमें जलमय विकार अर्थात् शुक्र प्रथम कारण एवं उदराग्निसे उत्पन्न अग्निके समान रक्तवर्ण पदार्थ अर्थात् रक्त द्वितीय कारण होता है ॥ ४९ ॥ इन दोनोंमें शुक्र सोमात्मक तथा रक्त अग्न्यात्मक होता है। कहनेका तात्पर्य यह है कि रसादि वस्तुसमुदायका सारांश ही शुक्र और रक्त कहलाता है ॥५०॥ इनमें शुक्र कफके अंशसे

सोमभूतस्तु सौम्यानामग्निभूतोऽग्निवर्चसाम् ॥४५॥ मनुष्याणां मनोभूतस्तपोभूतस्तपस्विनाम् ॥ विनयो नयवृत्तीनां तेजस्तेजस्विनामपि ॥ सर्गाणां सर्गकारश्च लोकहेतुरनुत्तमः ॥ ४६ ॥ विग्रहो विग्रहार्हाणां गतिर्गतिमतामपि ॥ आकाशप्रभवो वायुर्वायुप्राणो हुताशनः ॥ ४७ ॥ देवा हुताशनप्राणाः प्राणोऽग्नेर्मधुसूदनः ॥ रसाद्धि शोणितं जातं शोणितान्मांसमुच्यते ॥ ४८ ॥ मांसात्तु मेदसो जन्म मेदसोऽस्थीनि चैव हि ॥ अस्थ्नो मज्जा समभवन्मज्जातः शुक्रमेव च ॥४९॥ शुक्राद्गर्भः समभवद्रसमूलेन कर्मणा ॥ तत्रापां प्रथमो भागः स सौम्यो राशिरुच्यते ॥ गर्भोष्मसंभवोऽग्निर्यो द्वितीयो राशिरुच्यते ॥ ५० ॥ शुक्रं सोमात्मकं विद्यादार्त्तवं विद्धि पावकम् ॥ भागौ रसात्मकौ ह्येषां वीर्यं च शशिपावकौ ॥ ५१ ॥ कफवर्गे भवेच्छुक्रं पित्तवर्गे च शोणितम् ॥ कफस्य हृदयं स्थानं नाभ्यां पित्तं प्रतिष्ठितम् ॥ ५२ ॥ देहस्य मध्ये हृदयं स्थानं तन्मनसः स्मृतम् ॥ नाभिकोष्ठान्तरं यत्तु तत्र देवो हुताशनः ॥ ५३ ॥ मनः प्रजापतिर्ज्ञेयः कफः सोमो विभाव्यते ॥ पित्तमग्निः स्मृतं ह्येतदग्नीषोमात्मकं जगत् ॥ ५४ ॥ एवं प्रवर्तिते गर्भे वर्द्धितेऽम्बुदसन्निभे ॥ वायुः प्रवेशं संचक्रे सङ्गतः परमात्मना ॥ ५५ ॥ ततोऽङ्गानि विसृजति बिभर्ति परिवर्द्धयन् ॥ स पञ्चधा शरीरस्थो भिद्यते वर्द्धते पुनः ॥ ५६ ॥ प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च ॥ प्राणः स प्रथमं स्थानं वर्द्धयन्परिवर्त्तते ॥ ५७ ॥ अपानः

और रक्त पित्तके अंशसे उत्पन्न होता है। कफका स्थान हृदय तथा पित्तका स्थान नाभि है ॥ ५१ ॥ अग्निका स्थान नाभिके दूसरे भागमें रहता है। देहके मध्यमें स्थित हृदय हीं मनका स्थान है ॥ ५२ ॥ इन तीनोंमें मन प्रजापतिदेवात्मक, कफ सोमदेवात्मक एवं पित्त अग्निदेवात्मक है। शुक्र और रक्तके योगसे गर्भाधान होता है। अतएव यह जगत् अग्निसोमात्मक कहलाता है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ जैसे धूम, ज्योति, जल और वायुसे मेघका निर्माण होता है। ठीक उसी प्रकार प्राणवायु और जीवात्मा परमात्मासे मिलकर गर्भमें प्रविष्ट होता और मस्तकादि अंगोंका निर्माण तथा पुष्टि साधन करता है। तदनन्तर यह जीवात्मारूपी वायु प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान नामके पाँच भागोंमें विभक्त हो जाता है। विभक्त होनेके बाद प्राणवायु प्रथम स्थान अर्थात् हृदय, अपानवायु पश्चिमकाय अर्थात् जघनभागसे लेकर पैरतक, उदानवायु ऊरुप्रदेशसे ऊपर, व्यानवायु समस्त शरीरको सबल करता और समान-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वायु समस्त शरीरको समान अर्थात् अपनी-अपनी जगह सन्निवेशित करता है। प्राणादि वायुओंके कार्यविभाग हो जानेके बाद जीव जन्म लेकर भूमिष्ठ होता और पृथिव्यादि सभी पदार्थोंका साक्षात्कार करता है ॥ ५५–५८ ॥ इसके बाद पृथिवी, वायु, आकाश, जल और अग्नि ये पंचमहाभूत पंच इन्द्रियोंके रूपमें परिणत होकर शरीरमें अपनी-अपनी जगहपर अधिकार करके अपना-अपना काम करने लगते हैं ॥ ५९ ॥ शरीर पार्थिवविकार, प्राण वायुविकार, शरीरस्थ सभी छिद्र आकाशविकार, जलीय भाग जलविकार और नेत्र अग्निका विकार हैं ॥ ६० ॥ पृथिवी आदि पंचभूतोंमें तेजःस्वरूप मन सब इन्द्रियोंका नियन्ता है। उस मनके सामर्थ्यसे ही ग्राम-नगरादिकी व्यवस्था सुचारुरूपसे चलती है ॥ ६१ ॥ जनमेजय कहते हैं—भगवन्! जिन्होंने इस प्रकार इस सनातन लोककी सृष्टि की और जो उपायवान् व्यक्तियोंके उपायस्वरूप हैं, उन्होंने किस लिए इस मर्त्यलोकमें मनुष्यदेह धारण किया? ॥६२॥ इस विषयमें मुझे बड़ा सन्देह है और यह कौतुक देखकर मुझे बहुत विस्मय होता है कि गतिमान् प्राणियोंके गतिस्वरूप भगवान मनुष्य क्यों बने? ॥ ६३ ॥ अबतक मैंने अपने वंशके

पश्चिमं कायमुदानोर्ध्वं शरीरिणः ॥ व्यानो व्यायच्छते येन समानः सन्निवर्त्तयेत् ॥ भूतावाप्तिस्ततस्तस्य जायतेन्द्रियगोचरात् ॥ ५८ ॥ पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ तस्येन्द्रियाणि विष्ठानि स्वं स्वं योगं प्रचक्रिरे ॥ ५९ ॥ पार्थिवं देहमाहुस्तं प्राणात्मानं च मारुतम् ॥ छिद्राण्याकाशयोनीनि जलात्स्रावः प्रवर्त्तते ॥ ६० ॥ ज्योतिश्चक्षुश्च तेजात्मा तेषां यन्ता मनः स्मृतः ॥ ग्रामाश्च विषयाश्चैव यस्य वीर्यात्प्रवर्तिताः ॥६१॥ इत्येवं पुरुषः सर्वान्सृजँल्लोकान्सनातनान् ॥ कथं लोके नैधनेऽस्मिन्नरत्वं विष्णुरागतः ॥ ६२ ॥ एष मे संशयो ब्रह्मन्नेवं मे विस्मयो महान् ॥ कथं गतिर्गतिमतामापन्नो मानुषीं तनुम् ॥६३॥ श्रुतो मे स्वस्ववंशस्य पूर्वेषां चैव संभवः ॥ श्रोतुमिच्छामि विष्णोस्तु वृष्णीनां च यथाक्रमम् ॥ ६४ ॥ आश्चर्यं परमं विष्णुर्देवैर्दैत्यैश्च कथ्यते ॥ विष्णोरुत्पत्तिमाश्चर्यं ममाचक्ष्व महामुने ॥ ६५ ॥ एतदाश्चर्यमाख्यानं कथयस्व सुखावहम् ॥ प्रख्यातबलवीर्यस्य विष्णोरमिततेजसः ॥ कर्म चाश्चर्यभूतस्य विष्णोस्तत्त्वमिहोच्यताम् ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे चत्वारिंशोऽध्यायः ॥४०॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रश्नभारो महांस्तात त्वयोक्तः शार्ङ्गधन्वनि ॥ यथाशक्त्या तु वक्ष्यामि श्रूयतां वैष्णवं यशः ॥ १ ॥ विष्णोः प्रभावश्रवणे दिष्ट्या ते मतिरुत्थिता ॥ हन्त विष्णोः प्रवृत्तिं च शृणु दिव्यां मयेरिताम् ॥ २ ॥ सहस्राक्षं सहस्रास्यं सहस्रभुजमव्ययम् ॥ सहस्रशिरसं

सब महापुरुषोंका जीवन-वृत्तान्त सुना। जिन नारायणको सभी देवता और दैत्य आश्चर्यजनक तत्त्व कहकर व्याख्या करते हैं, उन नारायण तथा वृष्णिवंशकी उत्पत्तिका इतिहास सुननेके लिए लालायित हूँ। अतएव आप विख्यातवीर्य, अद्भुतकर्मा और अमित तेजस्वी नारायणका यथार्थ तत्त्व क्रमशः वर्णन करिए ॥ ६४–६६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥

(योगेश्वरस्वरूप भगवान् विष्णुके अवतारका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! आपने मुझपर प्रश्नोंका दुर्वह भार लाद दिया है और भाग्यवश आज आप श्रीकृष्णकी कथा सुननेके लिए उत्सुक हैं। मैं यथाशक्ति श्रीकृष्ण भगवानकी कथा कह रहा हूँ, सुनिए ॥ १ ॥ २ ॥ वेदवेत्ता ब्राह्मण जिसे सहस्राक्ष, सहस्रास्य, सहस्रपाद, सहस्रशीर्ष, सहस्रकर,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहस्रद, सहस्रबाहु, सहस्रजिह्व और सहस्रमुकुट कहकर निर्देश करते हैं ॥ ३ ॥ ४ ॥ जो अक्षय हवन, सवन, हव्य, होता और पवित्र पात्र हैं । जो यज्ञवेदी, दीक्षा, चरु, स्रुवा, स्रुक्, सोमरस, सूर्प, मुसल, प्रोक्षणीपात्र तथा दक्षिणायन हैं । जो यजुर्वेदी तथा सामवेदी विप्र हैं । जो यज्ञके सदस्य, सदन, सभा, यूप, समिधा, कुशा, चमस, उलूखल, प्राग्वंश, यज्ञभूमि, ऋत्विज्, स्थण्डिल, एकहायनी शकट आदि, सोमक्रयादि अर्थ, स्थावर, जङ्गम, प्रायश्चित्त, अर्घ और कुश हैं ॥ ५–८ ॥ जो मंत्र, यज्ञवह, वह्नि, भाग, भागवह, अग्रेभुज, सोमभुज, हुतार्चि, उदायुध एवं शाश्वत विभु कहलाते हैं, वे श्रीवत्सलांछन श्रीमान् देवदेव नारायण अगणित बार अवतीर्ण हो चुके हैं । अभी मैंने प्रजापतिके मुखसे सुना है कि वे पुनः अवतीर्ण होंगे ॥९–११॥ हे महाराज ! भगवान विष्णुने किसलिए देवलोक त्यागकर वसुदेवके घरमें जन्म लिया ? आपका यह प्रश्न बड़ा ही पवित्र है ॥ १२ ॥ इस प्रश्नके

देवं सहस्रकरमव्ययम् ॥ ३ ॥ सहस्रजिह्वं भास्वन्तं सहस्रमुकुटं प्रभुम् ॥ सहस्रदं सहस्रादिं सहस्रभुजमव्ययम् ॥ ४ ॥ सवनं हवनं चैव हव्यं होतार-
मेव च ॥ पात्राणि चे पवित्राणि वेदीं दीक्षां चरुं स्रुवम् ॥ ५ ॥ स्रुक्सोमं शूर्पमुसलं प्रोक्षणं दक्षिणायनम् ॥ अध्वर्युं सामगं विप्रं सदस्यं सदनं सदः
॥ ६ ॥ यूपं समित्कुशं दर्वीं चमसोलूखलानि च ॥ प्राग्वंशं यज्ञभूमिं च होतारं चयनं च यत् ॥ ७ ॥ ह्रस्वान्यतिप्रमाणानि चराणि स्थावराणि
च ॥ प्रायश्चित्तानि चार्थं च स्थण्डिलानि कुशांस्तथा ॥ ८ ॥ मन्त्रं यज्ञवहं वह्निं भागं भागवहं च यत् ॥ अग्रेभुजं सोमभुजं घृतार्चिषमुदायुधम्
॥ ९ ॥ आहुर्वेदविदो विप्रा यं यज्ञे शाश्वतं विभुम् ॥ तस्य विष्णोः सुरेशस्य श्रीवत्साङ्कस्य धीमतः ॥ १० ॥ प्रादुर्भावसहस्राणि अतीतानि न
संशयः ॥ भूयश्चैव भविष्यन्तीत्येवमाह प्रजापतिः ॥ ११ ॥ यत्पृच्छसि महाराज पुण्यां दिव्यां कथां शुभाम् ॥ यदर्थं भगवान्विष्णुः सुरेशो
रिपुसूदनः ॥ देवलोकं समुत्सृज्य वसुदेवकुलेऽभवत् ॥ १२ ॥ तत्तेऽहं संप्रवक्ष्यामि शृणु सर्वमशेषतः ॥ वासुदेवस्य माहात्म्यं चरितं च महाद्युतेः
॥ १३ ॥ हितार्थं सुरमर्त्यानां लोकानां प्रभवाय च ॥ बहुशः सर्वभूतात्मा प्रादुर्भवति कार्यतः ॥ १४ ॥ प्रादुर्भावांश्च वक्ष्यामि पुण्यान्दिव्यगुणै-
र्युतान् ॥ छान्दसीभिरुदाराभिः श्रुतिभिः समलंकृतान् ॥१५॥ शुचिः प्रयतवाग्भूत्वा निबोध जनमेजय ॥ इदं पुराणं परमं पुण्यं वेदैश्च संमितम् ॥१६॥
हन्त ते कथयिष्यामि विष्णोर्दिव्यां कथां शृणु ॥ यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ॥ धर्मसंस्थापनार्थाय तदा सम्भवति प्रभुः ॥१७॥ तस्य
ह्येका महाराज मूर्तिर्भवति सत्तमा ॥ नित्यं दिविष्ठा या राजंस्तपश्चरति दुश्चरम् ॥ १८ ॥ द्वितीया चास्य शयने निद्रायोगमुपाययौ ॥ प्रजासं-

उपलक्ष्यमें मैं आपको उन प्रभुका माहात्म्य और चरित्र आद्योपान्त सुनाऊँगा । आप शुद्ध और शान्त मनसे सुनिए ॥ १३ ॥ वे सर्वभूतात्मा भगवान कार्यवश देवताओं तथा मनुष्योंके कल्याणार्थ बार बार अवतार लेते हैं ॥ १४ ॥ भगवान विष्णुका पावन चरित्रश्रवण पवित्र पुराण और वेदके तुल्य पुण्यफलप्रद होता है । अतएव आप शान्त मनसे तन्मयतापूर्वक यह आख्यान सुनें । हे भारत ! जब जब संसारमें धर्मका ह्रास होता है, तब तब धर्मकी पुनः स्थापनाके लिए भगवान इस जगतीतलपर अवतार लेते हैं ॥१५–१७॥ ऐसे अवसरपर धर्मसंस्थापनार्थ भगवानकी जिस मूर्तिका प्रादुर्भाव होता है, वह उनकी राजसी मूर्ति कहलाती है । उनकी जो उत्कृष्टतम मूर्ति सदा स्वर्गमें स्थित रहकर दुश्चर तप करती रहती है, वह उनकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सात्त्विकी मूर्ति होती है ॥ १८ ॥ उनकी जो मूर्ति सृष्टि-संहारकार्य सम्पन्न करनेके लिए सदा योगनिद्रामें लीन रहती है, वह तामसी मूर्ति मानी जाती है ॥ १९ ॥ वे भगवान योगनिद्राके अधीन होकर एक हजार वर्ष तक सोते रहते हैं। हजार वर्ष पूर्ण हो जानेपर वे पुनः सृष्टिकार्यमें संलग्न हो जाते हैं ॥ २० ॥ उस समय लोकपितामह ब्रह्मा, सब लोकपाल, चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि, कपिलमुनि, सप्तर्षिगण, महायशस्वी त्र्यम्बक, वायु, चारों समुद्र, महानुभाव सनत्कुमार एवं प्रजापालक महात्मा मनु, ये सब उन्हीं महाप्रभुसे जायमान होते हैं। इसी समय प्रदीप्त अग्निके समान तेजस्वी उन पुराणपुरुषके द्वारा ग्राम-नगर आदिकी भी सृष्टि होती है ॥२१–२३॥ सहस्र युग समाप्त हो जानेपर जब सारी सृष्टि उनके शरीरमें विलीन हो जाती है और सब स्थावर-जंगात्मक प्राणी, देवता, असुर, राक्षस तथा उरगगण इन सबके नष्ट हो जानेपर जब दो दुर्दान्त दानव मधु-कैटभ युद्धके लिए श्रीविष्णुभगवानके सम्मुख उपस्थित

हारसर्गार्थं किमध्यात्मविचिन्तकम् ॥ १९ ॥ सुप्त्वा युगसहस्रं स प्रादुर्भवति कार्यतः ॥ पूर्णे युगसहस्रे तु देवदेवो जगत्पतिः ॥ २० ॥ पितामहो
लोकपालाश्चन्द्रादित्यौ हुताशनः ॥ ब्रह्मा च कपिलश्चैव परमेष्ठी तथैव च ॥२१॥ देवाः सप्तर्षयश्चैव त्र्यम्बकश्च महायशाः ॥ वायुः समुद्राः शैलाश्च
तस्य देहं समाश्रिताः ॥ २२ ॥ सनत्कुमारश्च महानुभावो मनुर्महात्मा भगवान्प्रजाकरः ॥ पुराणदेवोऽथ पुराणि चक्रे प्रदीप्तवैश्वानरतुल्यतेजाः
॥ २३ ॥ येन चार्णवमध्यस्थे नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥ नष्टे देवासुरगणे प्रणष्टोरगराक्षसे ॥ २४ ॥ योद्धुकामौ सुदुर्धर्षौ दानवौ मधुकैटभौ ॥ हतौ प्रभ-
वता तेन तयोर्दत्त्वाऽमितं वरम् ॥ २५ ॥ पुरा कमलनाभस्य स्वपतः सागराम्भसि ॥ पुष्करे यत्र संभूता देवाः सर्षिगणाः पुरा ॥ २६ ॥ एष
पौष्करको नाम प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ पुराणे कथ्यते यत्र देवः श्रुतिसमाहितः ॥ २७ ॥ वाराहस्तु श्रुतिसुखः प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ यत्र विष्णुः
सुरश्रेष्ठो वाराहं रूपमास्थितः ॥ महीं सागरपर्यन्तां सशैलवनकाननाम् ॥ २८ ॥ वेदपादो यूपदंष्ट्रः क्रतुदन्तश्चितीमुखः ॥ अग्निजिह्वो दर्भरोमा
ब्रह्मशीर्षो महातपाः ॥ २९ ॥ अहोरात्रेक्षणो दिव्यो वेदाङ्गश्रुतिभूषणः ॥ आज्यनासः स्रुवातुण्डः सामघोषस्वनो महान् ॥ ३० ॥ धर्मसत्यमयः
श्रीमान्क्रमविक्रमसत्कृतः ॥ प्रायश्चित्तनखो धीरः पशुजानुर्महाभुजः ॥३१॥ उद्गात्रन्त्रो होमलिङ्गः फलबीजमहौषधिः ॥ वाय्वन्तरात्मा मन्त्रस्फिग्वि-

हुए, तब भगवानने उन्हें मोक्षप्रापक वरदान देकर उस समुद्रमें ही मार डाला ॥ २४ ॥ २५ ॥ पूर्वकालमें जब भगवान विष्णु योगनिद्राके अधीन होकर क्षीरसागरमें शयन कर रहे थे, तभी उनकी नाभिसे एक पुष्कर (कमल) उत्पन्न हुआ। उसी कमलसे ब्रह्मादि देवता और ऋषि उत्पन्न हुए। अतएव वेदमूलक पुराणोंमें भगवानके उस अवतारको पुष्करावतार कहा गया है ॥ २६ ॥ २७ ॥ हे महाराज ! महात्मा नारायणका वाराहावतार बड़ा श्रुतिमधुर माना जाता है। इस अवतारमें सुरश्रेष्ठ नारायण वाराहरूप धारण करके समुद्रमें घुस गये थे और जलमग्न वनपर्वतोंयुक्त पृथिवीका अपने दाँतोंसे उद्धार किया था ॥ २८ ॥ वराहमूर्ति धारण करते समय चारों वेद उनके पैर थे, यूप दण्ड, यज्ञ हाथ, चिति मुख, अग्नि जिह्वा, कुश रोम, दिन-रात नेत्र, वेदाङ्ग कर्णभूषण, आज्य (घृत) नासिका, स्रुवा मुख और महान् सामगान उनका कण्ठस्वर था ॥ २९ ॥ ३० ॥ धर्म और सत्य श्री, पशु जानुद्वय, कर्म विक्रम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सत्क्रिया, प्रायश्चित्त घोरतर नख, उद्गाता अस्त्र, होम लिङ्ग, सब औषधि वृषणमें रहनेवाला वीर्य, वायु अन्तरात्मा, मंत्र स्फिक्, विकृत सोमरस रक्त, वेदी स्कन्धदेश, हवि गन्ध, हव्य-कव्य वेग, प्राग्वंश शरीर, दक्षिणा हृदय, स्वाध्याय स्वीकार, ओष्ठ भूषण और धर्मसंस्थापनार्थ महावीर रूपमें उनकी परिणति ही आभूषणस्वरूपा थी ॥ ३१–३४ ॥ विविध प्रकारके छन्द गमनपथ, गुप्त उपनिषद आसन एवं छाया पत्नीरूपमें परिणत हो गयी। ये यज्ञवाराहरूपधारी, विविध दीक्षार्चित, दक्षिणाहृदय, योगनिरत, महासत्रमय, वेदोष्ठ, प्रवर्ग्यभूषण महायोगी विष्णु भगवान सुमेरुश्रृङ्गके समान बहुत ऊँचे हो गये। तदनन्तर वे देवादिदेव भगवान लोककल्याणके लिए जलके भीतर घुसकर उसी यज्ञवराह मूर्ति द्वारा पर्वतों और वनोंसे युक्त पृथिवीको समुद्रसे बाहर निकला ॥ ३५–३८ ॥ यह मैंने भगवानके वाराह अवतारका वृत्तान्त बताया। इसके बाद जिस अवतारमें उन्होंने नरसिंहका रूप धारण करके

कृतः सोमशोणितः ॥ ३२ ॥ वेदिस्कन्धो हविर्गन्धो हव्यकव्यातिवेगवान् ॥ प्राग्वंशकायो द्युतिमान्नानादीक्षाभिराचितः ॥ ३३ ॥ दक्षिणाहृदयो
योगी महासत्रमयो महान् ॥ उपाकर्मोष्ठरुचकः प्रवर्ग्यावर्त्तभूषणः ॥ ३४ ॥ नानाछन्दोगतिपथो गुह्योपनिषदासनः ॥ छायापत्नीसहायो वै मेरुश्रृङ्ग
इवोच्छ्रितः ॥ ३५ ॥ महीं सागरपर्यन्तां सशैलवनकाननाम् ॥ एकार्णवजले भ्रष्टामेकार्णवगतां प्रभुः ॥ ३६ ॥ दंष्ट्रया यः समुद्धृत्य लोकानां हित-
काम्यया ॥ सहस्रशीर्षो देवादिश्चकार पृथिवीं पुनः ॥ ३७ ॥ एवं यज्ञवराहेण भूत्वा भूतहितार्थिना ॥ उद्धृता पृथिवी सर्वा सागराम्बुधरा पुरा
॥ ३८ ॥ वाराह एष कथितो नारसिंहमतः शृणु ॥ यत्र भूत्वा मृगेन्द्रेण हिरण्यकशिपुर्हतः ॥ ३९ ॥ पुरा कृतयुगे राजन्सुरारिर्बलदर्पितः ॥
दैत्यानामादिपुरुषश्चचार तप उत्तमम् ॥ ४० ॥ दश वर्षसहस्राणि शतानि दश पञ्च च ॥ जलोपवासनिरतः स्थानमौनदृढव्रतः ॥ ४१ ॥ ततः
शमदमाभ्यां च ब्रह्मचर्येण चानघ ॥ ब्रह्मा प्रीतोऽभवत्तस्य तपसा नियमेन च ॥ ४२ ॥ तं वै स्वयंभूर्भगवान्स्वयमागत्य भूपते ॥ विमानेनार्कवर्णेन
हंसयुक्तेन भास्वता ॥४३॥ आदित्यैर्वसुभिः साध्यैर्मरुद्भिर्दैवतैः सह ॥ रुद्रैर्विश्वसहायैश्च यक्षराक्षसकिन्नरैः ॥४४॥ दिशाभिर्विदिशाभिश्च नदीभिः
सागरैस्तथा ॥ नक्षत्रैश्च मुहूर्तैश्च खेचरैश्च महाग्रहैः ॥ ४५ ॥ देवर्षिभिस्तपोवृद्धैः सिद्धैः सप्तर्षिभिस्तथा ॥ राजर्षिभिः पुण्यतमैर्गन्धर्वैश्चाप्सरोगणैः
॥४६॥ चराचरगुरुः श्रीमान्वृतः सर्वैः सुरैस्तथा ॥ ब्रह्मा ब्रह्मविदां श्रेष्ठो दैत्यं वचनमब्रवीत् ॥ ४७ ॥ प्रीतोऽस्मि तव भक्तस्य तपसाऽनेन सुव्रत ॥

हिरण्यकशिपुका वध किया था। उस नृसिंहावतारका इतिहास बता रहा हूँ, सुनिए ॥३९॥ पूर्वकालमें जब सत्ययुग था, तब बलदर्पित, देवशत्रु और दैत्योंके आदिपुरुष हिरण्यकशिपुने ग्यारह हजार वर्षों तक केवल जल पीते हुए सुदृढ़ आसन लगा तथा इन्द्रियोंका संयत करके कठोर तप किया ॥ ४० ॥ ४१ ॥ उसके शम-दमादि गुण, ब्रह्मचर्य, व्रत तथा तपस्यासे लोकपितामह ब्रह्मा बहुत प्रसन्न हुए ॥४२॥ तदनन्तर आदित्य, वसु, साध्य, मरुत्, विश्वसहायभूत रुद्र, यक्ष, राक्षस, अप्सरा, किन्नर, दिक्, विदिक्, नदी, समुद्र, नक्षत्र, मुहूर्त, खेचर, महाग्रह, तपोवृद्ध देवर्षि, सिद्ध, सप्तर्षि, राजर्षि और गन्धर्वोंके साथ देदीप्यमान हंसयुक्त विमानपर आरूढ़ होकर ब्रह्मा दैत्यपति हिरण्यकशिपुके पास गये और बोले—॥ ४३–४७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे सुव्रत ! मैं तुम्हारी तपस्यासे बहुत प्रसन्न हूँ । तुम अभिलषित वर माँगो । तुम्हारी कामना पूर्ण होगी ॥ ४८ ॥ यह सुनकर हिरण्यकशिपु बोला—हे लोकपितामह ! मैं ऐसा वर चाहता हूँ कि देवता, गन्धर्व, असुर, यक्ष, उरग, राक्षस, पिशाच और मनुष्य इनमेंसे कोई भी मुझे किसी तरह न मार सके ॥ ४९ ॥ यहाँ तक कि तपोबलसम्पन्न ऋषि भी क्रुद्ध होकर मुझे शाप न दे सकें । शस्त्र, अस्त्र, पर्वत, वृक्ष तथा शुष्क या आर्द्र किसी भी पदार्थसे मेरी मृत्यु न हो ॥ ५० ॥ ५१ ॥ जो केवल एक थप्पड़की मारसे भृत्य-सेना तथा वाहन समेत मेरा नाश कर सके, मैं उसीके द्वारा मरूँ ॥ ५२ ॥ मैं ही सूर्य, मैं ही चन्द्रमा, मैं ही वायु, अग्नि, जल, आकाश, नक्षत्र, दसों दिशायें, क्रोध, काम, वरुण, इन्द्र, यम, धनपति कुबेर, यक्ष और किम्पुरुषोंका प्रभु मैं ही बन जाऊँ, यही मेरी अभिलाषा है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ दैत्यराज हिरण्यकशिपुके ऐसा कहनेपर भगवान स्वयम्भूने हँसकर कहा ॥ ५५ ॥ ब्रह्माजी बोले—हे वत्स !

वरं वरय भद्रं ते यथेष्टं काममाप्नुहि ॥ ४८ ॥ हिरण्यकशिपुरुवाच ॥ न देवासुरगन्धर्वा न यक्षोरगराक्षसाः ॥ न मानुषाः पिशाचाश्च निहन्युर्मां कथंचन ॥ ४९ ॥ ऋषयो वा न मां शापैः क्रुद्धा लोकपितामह ॥ शपेयुस्तपसा युक्ता वरमेतं वृणोम्यहम् ॥ ५० ॥ न शस्त्रेण न चास्त्रेण गिरिणा पादपेन वा ॥ न शुष्केण न चार्द्रेण स्यान्न चान्येन मे वधः ॥५१॥ पाणिप्रहारेणैकेन सभृत्यबलवाहनम् ॥ यो मां नाशयितुं शक्तः स मे मृत्युर्भविष्यति ॥ ५२ ॥ भवेयमहमेवार्कः सोमो वायुर्हुताशनः ॥ सलिलं चान्तरिक्षं च नक्षत्राणि दिशो दश ॥ ५३ ॥ अहं क्रोधश्च कामश्च वरुणो वासवो यमः ॥ धनदश्च धनाध्यक्षो यक्षः किंपुरुषाधिपः ॥ ५४ ॥ एवमुक्तस्तु दैत्येन स्वयंभूर्भगवांस्तदा ॥ उवाच दैत्यराजं तं प्रहसन्नृपसत्तम ॥ ५५ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ एते दिव्या वरास्तात मया दत्तास्तवाद्भुताः ॥ सर्वान्कामानिमांस्तात प्राप्स्यसि त्वं न संशयः ॥ ५६ ॥ एवमुक्त्वा तु भगवाञ्जगामाकाशमेव हि ॥ वैराजं ब्रह्मसदनं ब्रह्मर्षिगणसेवितम् ॥ ५७ ॥ श्रुत्वा देवा वरं तं च दत्तं सलिलयोनिना ॥ विभुं विज्ञापयामासुर्देवाः शक्रपुरोगमाः ॥ ५८ ॥ ततो देवाश्च नागाश्च गन्धर्वा मुनयस्तथा ॥ वरप्रदानं श्रुत्वा ते पितामहमुपस्थिताः ॥ ५९ ॥ देवा ऊचुः ॥ वरेणानेन भगवन्वधिष्यति स नोऽसुरः ॥ ततः प्रसीद भगवन्वधोऽप्यस्य विचिन्त्यताम् ॥ ६० ॥ भगवान्सर्वभूतानां स्वयंभूरादिकृद्विभुः ॥ स्रष्टा च हव्यकव्यानामव्यक्तः प्रकृतिर्ध्रुवः ॥६१॥ सर्वलोकहितं वाक्यं श्रुत्वा देवः प्रजापतिः ॥ प्रोवाच भगवान् वाक्यं सर्वान्देवगणांस्तदा ॥६२॥ अवश्यं त्रिदशास्तेन प्राप्तव्यं

मैं तुम्हें ये सभी अद्भुत वर प्रदान कर रहा हूँ । तुम्हारी सभी कामनायें पूर्ण होंगी । इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥ ५६ ॥ ऐसा कहकर ब्रह्माजी आकाशमार्गसे ब्रह्मर्षिगणसेवित अपने ब्रह्मलोकको चले गये ॥ ५७ ॥ ब्रह्मा द्वारा दिये वरदानोंका वृत्तान्त सुनकर इन्द्रादि देवता, नाग, गन्धर्व और मुनि ब्रह्माजीके पास गये ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ उन्होंने कहा—भगवन् ! आपने उस दैत्यको जो वर दिये हैं, उनके बूतेपर वह असुर हमें मार ही डालेगा । अतएव हमपर प्रसन्न होकर आप उसके वधका कोई उपाय सोचिए ॥ ६० ॥ क्योंकि आप स्वयम्भू हैं । संसारके सभी जीव आपसे उत्पन्न हुए हैं । आप ही हव्य-कव्यके स्रष्टा हैं । आपके प्रकृतितत्त्वको कोई नहीं जान सकता ॥ ६१ ॥ लोकपितामह ब्रह्मा सब लोकोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हितकी बात सुनकर बोले—हे देवताओं! हिरण्यकशिपु अपनी तपस्याका फल अवश्य पायेगा। फलप्राप्तिके बाद भगवान् विष्णु स्वयं उसका वध करेंगे ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ ब्रह्माकी यह दिव्य वाणी सुनकर सब देवता प्रसन्नतापूर्वक अपने-अपने स्थानोंको चले गये ॥ ६४ ॥ उधर दैत्यपति हिरण्यकशिपु वर पाते ही मदान्ध हो उठा और सर्वप्रथम वह व्रतपरायण एवं सत्यधर्मनिरत आश्रमवासी मुनियोंको ही सताने लगा ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ इसके बाद तीनों लोकोंके देवताओंको परास्त करके उसने सारी त्रिलोकी अपने वशमें कर ली और स्वर्गलोकपर अधिकार करके वह वहाँ ही रहने लगा ॥ ६७ ॥ स्वर्गमें रहते समय वह मदोन्मत्त दैत्य देवताओंको यज्ञभागसे पृथक् करके दैत्योंको उसका अधिकारी बना दिया ॥ ६८ ॥ ऐसी दशामें आदित्य, रुद्र, विश्वेदेव और मरुद्गण भूत-भविष्यस्वरूप त्रिलोकनमस्कृत सनातन ब्रह्म विष्णु भगवान्‌की शरणमें जाकर बोले—हे देवेश! आप ही हमारे रचयिता, परम देव

तपसः फलम् ॥ तपसोऽन्तेऽस्य भगवान् वधं विष्णुः करिष्यति ॥ ६३ ॥ एतच्छ्रुत्वा सुराः सर्वे वाक्यं पंकजसंभवात् ॥ स्वानि स्थानानि दिव्यानि जग्मुस्ते वै मुदान्विताः ॥ ६४ ॥ लब्धमात्रे वरे चापि सर्वाः सोऽबाधत प्रजाः ॥ हिरण्यकशिपुर्दैत्यो वरदानेन दर्पितः ॥ ६५ ॥ आश्रमेषु महाभागान्मुनीन् वै शंसितव्रतान् ॥ सत्यधर्मरतान्दान्तान्पुरा धर्षितवांस्तु सः ॥ ६६ ॥ देवांस्त्रिभुवनस्थांस्तु पराजित्य महासुरः ॥ त्रैलोक्यं वशमानीय स्वर्गे वसति दानवः ॥ ६७ ॥ यदा वरमदोन्मत्तो न्यवसद्दानवो भुवि ॥ यज्ञियान्कृतवान्दैत्यान्देवांश्चैवाप्ययज्ञियान् ॥ ६८ ॥ आदित्याश्च ततो रुद्रा विश्वे च मरुतस्तथा ॥ शरण्यं शरणं विष्णुमुपाजग्मुर्महाबलम् ॥६९॥ वेदयज्ञमयं ब्रह्म ब्रह्मदेवं सनातनम् ॥ भूतं भव्यं भविष्यं च प्रभुं लोकनमस्कृतम् ॥ नारायणं विभुं देवाः शरणं शरणागताः ॥ ७० ॥ देवा ऊचुः ॥ त्रायस्व नोऽद्य देवेश हिरण्यकशिपोर्भयात् ॥ त्वं हि नः परमो धाता ब्रह्मादीनां सुरोत्तम ॥ ७१ ॥ त्वं हि नः परमो देवस्त्वं हि नः परमो गुरुः ॥ उत्फुल्लाम्बुजपत्राक्षः शत्रुपक्षभयंकरः ॥ ७२ ॥ क्षयाय दितिवंशस्य शरणं त्वं भवस्व नः ॥ ७३ ॥ विष्णुरुवाच ॥ भयं त्यजध्वममरा ह्यभयं वो ददाम्यहम् ॥ तथैव त्रिदिवं देवाः प्रतिपत्स्यथ मा चिरम् ॥ ७४ ॥ एष तं सगणं दैत्यं वरदानेन दर्पितम् ॥ अवध्यममरेन्द्राणां दानवं तं निहन्म्यहम् ॥७५॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा स भगवान्विसृज्य त्रिदशेश्वरान् ॥ हिरण्यकशिपो राजन्नाजगाम हरिः सभाम् ॥ ७६ ॥ नरस्य कृत्वाऽर्धतनुं सिंहस्यार्धतनुं प्रभुः ॥ नारसिंहेण वपुषा पाणिं संस्पृश्य पाणिना

और परम गुरु हैं। हिरण्यकशिपुसे भयभीत होकर हम आपकी शरणमें आये हैं। हमारी यही प्रार्थना है कि आप उसका विनाश करें। जैसे भी हो, हिरण्यकशिपुके अत्याचारोंसे आप हमारी रक्षा करें ॥ ६९–७३ ॥ विष्णुभगवान बोले—हे देवताओं! मैं आप सबको अभय कर रहा हूँ। आप लोग भय त्याग दें। शीघ्र ही स्वर्गका राज्य आपको फिर प्राप्त हो जायगा ॥ ७४ ॥ दानवेन्द्र हिरण्यकशिपु वरप्राप्तिसे आपके द्वारा अवध्य होकर बड़ा अभिमानी हो गया है। मैं शीघ्र उसे और उसके अनुयायियोंको मारूँगा ॥ ७५ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे राजन्! ऐसा कहकर भगवान विष्णुने देवताओंको विदा कर दिया और स्वयं आधा मनुष्य तथा आधा सिंहका शरीर धारण करके हिरण्यकशिपुकी सभामें जा पहुँचे। उस समय उन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नृसिंह भगवानका शरीर गाढ़ मघके समान था। गाढ़ मेघ हीं के समान उनका शब्द था। गाढ़ मेघके ही समान उनमें वेग था। उस दैत्यराजकी सभामें पहुँचकर उन्होंने बलदर्पित दैत्योंसे
सुरक्षित, सिंहके समान पराक्रमी, अहङ्कारमत्त और दुर्धर्ष हिरण्कशिपुको एक ही थप्पड़की मारसे सदाके लिए समाप्त कर दिया ॥ ७६–७९ ॥ यह मैंने नृसिंहावतारकी कथा सुनायी।
अब वामनावतारकी कथा कह रहा हूँ, जिसमें भगवानने वामनरूप धारण करके दैत्योंका विनाश किया था ॥ ८० ॥ पूर्वकालमें भगवान विष्णुने बलवान् राजा बलिके लिए वामनरूप
धारण किया और अपने तीन पगोंसे दुर्जयी दैत्योंमें खलबली मचा दी थी ॥ ८१ ॥ उन विक्षुब्ध दैत्योंके नाम थे—विप्रचित्ति, शिवि, शंकु, अयःशिरा, शंकुशिरा, बलवान् हयग्रीव
॥ ८२ ॥ वेगवान् केतुमान्, उग्र, सोमव्यग्र, पुष्कर, पुष्कल, महारथी वेपन ॥ ८३ ॥ बृहत्कीर्ति, महाजिह्व, साश्व, अश्वपति, प्रह्लाद, अश्वशिरा, कुम्भ, संह्राद, गगनप्रिय, अनुह्राद, हरि,

॥ ७७ ॥ जीमूतघनसंकाशो जीमूतघनिनःस्वनः ॥ जीमूतघनदीप्तौजा जीमूत इव वेगवान् ॥ ७८ ॥ दैत्यं सोऽतिबलं दीप्तं दृप्तशार्दूलविक्रमम् ॥
दृप्तैर्दैत्यगणैर्गुप्तं हतवानेकपाणिना ॥ ७९ ॥ नृसिंह एषः कथितो भूयोऽयं वामनोऽपरः ॥ यत्र वामनमाश्रित्य रूपं दैत्यविनाशकृत् ॥ ८० ॥
बलेर्बलवतो यज्ञे बलिना विष्णुना पुरा ॥ विक्रमैस्त्रिभिरक्षोभ्यः क्षोभितास्ते महासुराः ॥ ८१ ॥ विप्रचित्तिः शिबिः शङ्कुरयःशंकुस्तथैव च ॥ अयः-
शिराः शंकुशिरा हयग्रीवश्च वीर्यवान् ॥ ८२ ॥ वेगवान् केतुमानुग्रः सोमव्यग्रो महासुरः ॥ पुष्करः पुष्कलश्चैव वेपनश्च महारथः ॥८३॥ बृहत्की-
र्तिर्महाजिह्वः साश्वोऽश्वपतिरेव च ॥ प्रह्लादोऽश्वशिराः कुम्भः संह्रादो गगनप्रियः ॥ अनुह्रादो हरिहरौ वराहः शंकरो रुजः ॥८४॥ शरभः शलभ-
श्चैव कुपनः कोपनः क्रथः ॥ बृहत्कीर्तिर्महाजिह्वः शंकुकर्णो महास्वनः ॥ ८५ ॥ दीर्घजिह्वोऽर्कनयनो मृदुचापो मृदुप्रियः ॥ वायुर्यविष्ठो नमुचिः
शम्बरो विज्वरो महान् ॥८६॥ चन्द्रहन्ता क्रोधहन्ता क्रोधवर्धन एव च ॥ कालकः कालकेयश्च वृत्रः क्रोधो विरोचनः ॥८७॥ गरिष्ठश्च वरिष्ठश्च
प्रलम्बनरकावुभौ ॥ इन्द्रतापनवातापी केतुमान्बलदर्पितः ॥८८॥ असिलोमा पुलोमा च वाष्कलः प्रमदो मदः ॥ खसृमः कालवदनः करालः कैशिकः
शरः ॥८९॥ एकाक्षश्चन्द्रहा राहुः संह्रादः सृमरः स्वनः ॥ शतघ्नीचक्रहस्ताश्च तथा मुसलपाणयः ॥९०॥ महाशिलाप्रहरणाः शूलहस्ताश्च दानवाः ॥
अश्मयन्त्रायुधोपेता भिन्दिपालायुधास्तथा ॥ ९१ ॥ शूलोलूखलहस्ताश्च परश्वधधरास्तथा ॥ पाशमुद्गरहस्ता वै तथा मुशलपाणयः ॥९२॥ नाना-

हर, वराह, शंकर, रुज ॥ ८४ ॥ शरभ, शलभ, कुपन, कोपन, क्रथ, बृहत्कीर्ति, महाजिह्व, शंकुकर्ण, महास्वन, दीर्घजिह्व, ॥ ८५ ॥ अर्कनयन, मृदुचाप, मृदुप्रिय, वायु, यविष्ठ, नमुचि,
शम्बर, महान् विज्वर ॥ ८६ ॥ चन्द्रहन्ता, क्रोधहन्ता, क्रोधवर्द्धन, कालक, कालकेय, वृत्र, क्रोध, विरोचन ॥८७॥ गरिष्ठ, वरिष्ठ, प्रलम्ब, नरक, इन्द्रतापन, वातापी, बलदर्पित केतुमान्
॥ ८८ ॥ असिलोमा, पुलोमा, वाष्कल, प्रमद, मद, खसृम, कालवदन, कराल, कैशिक, शर, ॥ ८९ ॥ एकाक्ष, चन्द्रहा, राहु, संह्राद, सृमर और स्वन। इनमेंसे किसीके हाथमें शतघ्नी
(बन्दूक), कुछके हाथमें मूसल, कुछके हाथमें बड़ी-सी शिला, कुछ दैत्योंके हाथमें शूल, कुछके पास पत्थर, कुछके पास भिन्दिपाल, किसीके हाथमें शूल तथा उलूखल, कुछ दैत्योंके पास
परश्वध, कुछके पास पाश, मुद्गर एवं मुशल विद्यमान थे ॥ ९०–९२ ॥ इस प्रकार उन दैत्योंके पास विविध शस्त्र थे और उनकी वेष-भूषा भी बड़ी भयानक थी। उन सबमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

असाधारण उत्साह था। उनमें किसीका मुख मुर्गे जैसा, किसीका कछुए जैसा, किसीका मुख खरगोश सदृश और किसीका मुख उल्लू सरीखा था ॥ ९३ ॥ कुछका मुख गधे जैसा, कुछका सुअर सरीखा, किसीका मुख मगर जैसा, कुछ दानवोंका मुख सियार सरीखा, कुछका चूहे और मेढक जैसा, कुछका मुख भेड़िये जैसा, कुछका बिल्ली जैसा, किसीका मुख हाथी जैसा, किसीका मुख बहुत बड़ा था, किसीका मुख नक्र जैसा, किसी दैत्यका मुख भेड़ सरीखा, किसीका गाय-बकरी तथा भैंसके समान था ॥९४॥९५॥ कुछका मुख गोह तथा साहीके सदृश और कुछका मुख क्रौंच सरीखा था ॥९६॥ उनमेंसे किसी-किसीके वस्त्र सिंहचर्मके थे, कोई कृष्णमृगचर्म पहने था और कोई वल्कलवसन धारण किये हुए था। कोई दैत्य पगड़ी बाँधे था और किसी-किसीके सिरपर मुकुट और कानोंमें कुंडल झूल रहे थे ॥९७॥ कोई किरीट धारण किये हुए था। किसीकी लम्बी शिखा दीख रही थी। किसी-किसी दैत्यकी गर्दन शङ्ख सरीखी थी और वे बड़े ही तेजस्वी दीख रहे थे। उनकी विविध वेष-भूषा थी और वे नाना प्रकारके गन्ध-माल्य धारण किये हुए थे ॥९८॥ अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र धारण करके वे बड़े तेजस्वी दीख रहे थे।

प्रहरणा घोरा नानावेषा महाजवाः ॥ कूर्मकुक्कुटवक्त्राश्च शशोलूकमुखास्तथा ॥९३॥ खरोष्ट्रवदनाश्चैव वराहवदनास्तथा ॥ भीमा मकरवक्त्राश्च क्रोष्टु-
वक्त्राश्च दानवाः ॥ आखुदर्दुरवक्त्राश्च घोरा वृकमुखास्तथा ॥९४॥ मार्जारगजवक्त्राश्च महावक्त्रास्तथाऽपरे ॥ नक्रमेषाननाः शूरा गोऽजाविमहिषाननाः
॥९५॥ गोधाशल्यकवक्त्राश्च क्रौञ्चवक्त्राश्च दानवाः ॥ गरुडाननाः खड्गमुखा मयूरवदनास्तथा ॥ ९६ ॥ गजेन्द्रचर्मवसनास्तथा कृष्णाजिनाम्बरा ॥
चीरसंवृतदेहाश्च तथा वल्कलवाससः ॥ उष्णीषिणो मुकुटिनस्तथा कुण्डलिनोऽसुराः ॥९७॥ किरीटिनो लम्बशिखाः कम्बुग्रीवाः सुवर्चसः ॥ नानावेषधरा
दैत्या नानामाल्यानुलेपनाः ॥९८॥ स्वान्यायुधानि संगृह्य प्रदीप्तान्यतितेजसा ॥ क्रममाणं हृषीकेशमुपावर्तन्त सर्वशः ॥९९॥ प्रमथ्य सर्वान्दैतेयान्पाद-
हस्ततलैः प्रभुः ॥ रूपं कृत्वा महाभीमं जहाराशु स मेदिनीम् ॥ १०० ॥ तस्य विक्रमतो भूमिं चन्द्रादित्यौ स्तनान्तरे ॥ नभः प्रक्रममाणस्य नाभ्यां
किल समास्थितौ ॥ १०१ ॥ परं प्रक्रममाणस्य जानुदेशे स्थितावुभौ ॥ विष्णोरतुलवीर्यस्य वदन्त्येवं द्विजातयः ॥ १०२ ॥ हृत्वा स पृथिवीं कृत्स्नां
जित्वा चासुरपुङ्गवान् ॥ ददौ शक्राय त्रिदिवं विष्णुर्बलवतां वरः ॥ १०३ ॥ एष ते वामनो नाम प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ वेदविद्भिर्द्विजैरेवं कथ्यते
वैष्णवं यशः ॥१०४॥ भूयो भूतात्मको विष्णोः प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ दत्तात्रेय इति ख्यातः क्षमया परया युतः ॥१०५॥ तेन नष्टेषु वेदेषु प्रक्रियासु

वामन भगवान्‌के पहुँचते ही उन्होंने चारों ओरसे घेर लिया ॥ ९९ ॥ तत्काल वामन देवने अपनी विकट आकृति प्रकट करके थप्पड़ों और लातोंकी मारसे उन दैत्योंको धराशायी करके पृथिवीका भार उतार लिया ॥ १०० ॥ वेदविद् ब्राह्मणोंका उन अतुल पराक्रमी वामन भगवानके विषयमें यह कथन है कि जब वे अपना पराक्रम प्रदर्शित करते हुए पृथिवीपर रहते थे, तब सूर्य-चन्द्र उनकी छातीपर दिखायी देते थे। जब वे आकाशमें रहते, तब सूर्य-चन्द्र नाभिप्रदेशमें और जब साधारण ऊँचाईपर रहते तो वे जानुप्रदेशमें दीखते थे ॥१०१॥१०२॥ इस प्रकार वामनरूपधारी विष्णुभगवानने बड़े-बड़े असुरोंको मारकर पृथिका भार हरा और स्वर्गका राज्य फिर इन्द्रको प्रदान कर दिया। यह मैंने आपको वामन भगवानकी कथा सुनायी। वेदविद् ब्राह्मण इसी प्रकार विष्णुभगवानका गुणगान करते आये हैं ॥१०३॥१०४॥ अब मैं उन्हीं नारायणके दयापूर्ण दत्तात्रेय अवतारका इतिहास बता रहा हूँ ॥१०५॥ हे महा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मखेषु च चातुर्वर्ण्ये तु संकीर्णे धर्मे शिथिलतां गते ॥१०६॥ अभिवर्द्धति चाधर्मे सत्ये नष्टेऽनृते स्थिते ॥ प्रजासु शीर्यमाणासु धर्मे चाकुलतां गते ॥१०७॥ सहयज्ञक्रिया वेदाः प्रत्यानीता हि तेन वै ॥ चातुर्वर्ण्यमसंकीर्णं कृतं तेन महात्मना ॥१०८॥ तेन हैहयराजस्य कार्त्तवीर्यस्य धीमतः ॥ वरदेन वरो दत्तो दत्तात्रेयेण धीमता ॥ १०९ ॥ एतद्बाहुद्वयं यत्ते मृधे मम कृतेऽनघ ॥ शतानि दश बाहूनां भविष्यन्ति न संशयः ॥११०॥ पालयिष्यसि कृत्स्नां च वसुधां वसुधाधिप ॥ दुर्निरीक्ष्योऽरिवृन्दानां धर्मज्ञश्च भविष्यसि ॥ १११ ॥ एष ते वैष्णवः श्रीमान्प्रादुर्भावोऽद्भुतः शुभः ॥ कथितो वै महाराज यथाश्रुतमरिन्दम ॥ भूयश्च जामदग्न्योऽयं प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ ११२ ॥ यत्र बाहुसहस्रेण विस्मितं दुर्जयं रणे ॥ रामोऽर्जुनमनीकस्थं जघान नृपतिं प्रभुः ॥ ११३ ॥ रथस्थं पार्थिवं रामः पातयित्वाऽर्जुनं युधि ॥ धर्षयित्वा यथाकामं क्रोशमानं च मेघवत् ॥ ११४ ॥ कृत्स्नं बाहुसहस्रं च चिच्छेद भृगुनन्दनः ॥ परश्वधेन दीप्तेन ज्ञातिभिः सहितस्य वै ॥ ११५ ॥ कीर्णा क्षत्रियकोटीभिर्मेरुमन्दरभूषणा ॥ त्रिःसप्तकृत्वः पृथिवी तेन निःक्षत्रिया कृता ॥ ११६ ॥ कृत्वा निःक्षत्रियां चैव भार्गवः सुमहातपाः ॥ सर्वपापविनाशाय वाजिमेधेन चेष्टवान् ॥ ११७ ॥ तस्मिन्यज्ञे महादाने दक्षिणां भृगुनन्दनः ॥ मारीचाय ददौ प्रीतः कश्यपाय वसुंधराम् ॥ ११८ ॥ वारणांस्तुरगाञ्छ्रीमान्रथं च रथिनां वरः ॥ हिरण्यमक्षयं धेनूर्गजेन्द्रांश्च महामनाः ॥ ददौ तस्मिन्महायज्ञे वाजिमेधे महायशाः ॥ ११९ ॥ अद्यापि च हितार्थाय लोकानां भृगुनन्दनः ॥

राज ! जब वेद और वेदोक्त कर्म यज्ञ-यागादि विलुप्त हो गये। चारों वर्णके लोग संकीर्ण विचारके हो गये। जब धर्ममें शैथिल्य आ गया और अधर्मकी वृद्धि हो गयी। सत्य नष्ट हो गया और उसके स्थानपर असत्यने अधिकार कर लिया। जब प्रजा छिन्न-भिन्न हो गयी और धर्म व्याकुल हो उठा ॥१०६॥१०७॥ उस समय दत्तात्रेयरूपधारी भगवानने फिरसे वेदोक्त कर्मों, यज्ञों और संकीर्णविचारहीन चारों आश्रमोंको प्रवर्तित किया ॥ १०८ ॥ वरदायक दत्तात्रेयने बुद्धिमान् कार्तवीर्यको यह वरदान दिया था कि 'तुम्हारे दो ही हाथ समय-समयपर एक सहस्र हाथ हो जाया करेंगे। इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥१०९॥११०॥ हे राजा कार्तवीर्य ! तुम सारी वसुधाका पालन करोगे। तुम धर्मज्ञ होओगे और शत्रुगण तुम्हारी ओर देख भी न सकेंगे ॥१११॥ इस प्रकार मैंने जैसा सुना था, आपको दत्तात्रेयावतारकी कथा कह सुनायी। अब परशुरामावतारकी कथा कह रहा हूँ, सुनिए ॥११२॥ इस अवतारमें विष्णुभगवानने परशुरामका रूप धारण करके सहस्रभुजधारी एवं रणदुर्जय राजा कार्तवीर्यका वध किया था ॥ ११३ ॥ श्रीपरशुरामजीने रथपर बैठे हुए कार्तवीर्यको भूमिपर गिरा लिया औरपकड़कर घसीटने लगे। ऐसी दशामें अर्जुन (कार्तवीर्य) मेघ गर्जनके समान चिल्लाने लगा ॥११४॥ उसी समय परशुरामने अपने परशुसे उसकी हजारों भुजायें काट डालीं और उसके साथियोंको भी समाप्त कर दिया ॥ ११५ ॥ उन्होंने अपने केवल एक फरसेसे कोटि-कोटि क्षत्रियोंसे परिपूर्ण एवं सुमेरु और मन्दर पर्वतसे परिशोभित पृथिवीको इक्कीस बार क्षत्रियविहीन किया ॥ ११६ ॥ महातपस्वी परशुरामने इस प्रकार पृथिवीको क्षत्रियशून्य करके पापनिवृत्तिके लिए अश्वमेध यज्ञ किया ॥ ११७ ॥ उस यज्ञमें उन्होंने हाथी, घोड़े, रथ, अपरिमित स्वर्णराशि और गौ आदि विविध प्रकारकी दक्षिणायें दीं। बादमें उन्होंने बड़ी प्रसन्नताके साथ सारी पृथिवी दान करके मरीचिपुत्र कश्यपको दे दी ॥ ११ ॥ ११९ ॥ आज भी लोककल्याणके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निमित्त कठोर तप करते हुए वे महेन्द्र पर्वतपर देवताओंकी तरह निवास करते हैं ॥ १२० ॥ हे महाराज! यह मैंने शाश्वत और अव्यय श्रीविष्णुभगवान्‌के परशुरामावतारका वृत्तान्त बताया ॥ १२१ ॥ चौबीसवें युगमें कमललोचन विष्णुभगवानने महामुनि विश्वामित्रको अगुआ बनाकर अपनेको चार भागोंमें विभक्त करके महाराज दशरथके पुत्ररूपमें अवतार लिया और रामनामसे विख्यात हुए। सूर्यसदृश तेजस्वी रामका इस अवतारमें लोकरञ्जन, राक्षसकुलके उन्मूलन और धर्मकी श्रीवृद्धिसाधन ही प्रधान उद्देश्य था ॥ १२२-१२४ ॥ संसारीलोग उन्हें राजा रामचन्द्र कहते थे। बुद्धिमान् विश्वामित्रने देवशत्रु राक्षसोंका विनाश करनेके लिए रामचन्द्रको देवदुर्लभ महान् अस्त्र प्रदान किया था। भगवान रामने बाल्यावस्थामें ही उन अस्त्रोंके प्रभावसे यज्ञमें विघ्न डालनेवाले बलवान् मारीच-सुबाहु नामके राक्षसोंको मारकर निराश कर दिया ॥ १२५-१२७ ॥ उन्होंने महात्मा और राजर्षि जनकके

चरमाणस्तपो दीप्तं जामदग्न्यः पुनः पुनः ॥ तिष्ठते देववद्धीमान्महेन्द्रे पर्वतोत्तमे ॥ १२० ॥ एष विष्णोः सुरेशस्य शाश्वतस्याव्ययस्य च ॥ जाम-
दग्न्य इति ख्यातः प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ १२१ ॥ चतुर्विंशे युगे चापि विश्वामित्रपुरःसरः ॥ राज्ञो दशरथस्यार्थे पुत्रः पद्मायतेक्षणः ॥ १२२ ॥
कृत्वाऽऽत्मानं महाबाहुश्चतुर्धा प्रभुरीश्वरः ॥ लोके राम इति ख्यातस्तेजसा भास्करोपमः ॥ १२३ ॥ प्रसादनार्थं लोकस्य रक्षसां निधनाय च ॥
धर्मस्य च विवृद्ध्यर्थं जज्ञे तत्र महायशाः ॥ १२४ ॥ तमप्याहुर्मनुष्येन्द्रं सर्वभूतपतेस्तनुम् ॥ यस्मै दत्तानि चास्त्राणि विश्वामित्रेण धीमता
॥१२५॥ वधार्थं देवशत्रूणां दुर्धराणि सुरैरपि ॥ यज्ञविघ्नकरो येन मुनीनां भावितात्मनाम् ॥१२६॥ मारीचश्च सुबाहुश्च बलेन बलिनां वरौ ॥
निहतौ च निराशौ च कृतौ तेन महात्मना ॥१२७॥ वर्तमाने मखे येन जनकस्य महात्मनः ॥ भग्नं माहेश्वरं चापं क्रीडता लीलया पुरा ॥१२८॥
यः समाः सर्वधर्मज्ञश्चतुर्दश वनेऽवसत् ॥ लक्ष्मणानुचरो रामः सर्वभूतहिते रतः ॥ १२९ ॥ रूपिणी यस्य पार्श्वस्था सीतेति प्रथिता जनैः ॥
पूर्वोचिता तस्य लक्ष्मीर्भर्तारमनुगच्छति ॥ १३० ॥ चतुर्दश तपस्तप्त्वा वने वर्षाणि राघवः ॥ जनस्थाने वसन्कार्यं त्रिदशानां चकार ह ॥
सीतायाः पदमन्विच्छँल्लक्ष्मणानुचरो विभुः ॥ १३१ ॥ विराधं च कबंधं च राक्षसौ भीमविक्रमौ ॥ जघान पुरुषव्याघ्रो गंधर्वौ शापवीक्षितौ ॥१३२॥
हुताशनार्केन्दुतडिद्घनाभैः प्रतप्तजाम्बूनदचित्रपुंखैः ॥ महेन्द्रवज्राशनितुल्यसारैः शरैः शरीरेण वियोजितौ बलात् ॥ १३३ ॥ सुग्रीवस्य कृते येन

यज्ञमें सम्मिलित होकर खेल-खेलमें शिवधनुष तोड़ डाला ॥ १२८ ॥ सब जीवोंके कल्याणमें तत्पर राम-लक्ष्मणको साथ लेकर चौदह वर्षतक वनवास किया ॥ १२९ ॥ चिरकालतक सहवासकी इच्छुक भगवती लक्ष्मी सीताके रूपमें अवतरीं और रामकी पत्नी बनकर वनवासके समय भी उनके साथ रहीं ॥ १३० ॥ रामचन्द्रने चौदह वर्ष वनवासका व्रत लेकर जनस्थानमें रहते हुए देवकार्य सम्पन्न किया। वे जब लक्ष्मणके साथ चलते हुए सीताकी खोज कर रहे थे, तब शापभ्रष्ट तथा महाबली विराध और कबन्ध नामके गन्धर्वोंको अपने सूर्य, अग्नि तथा विद्युत् सदृश, स्वर्णखचित और इन्द्रके वज्रसदृश अमोघ बाणोंसे मारा। जिससे उनको पुनः गन्धर्वशरीर प्राप्त हो गया ॥ १३१-१३३ ॥ आगे चलकर रामने महाबली

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बालिको मारकर सुग्रीवका राज्याभिषेक कराया ॥ १३४ ॥ जो युद्धोन्मत्त राक्षसेन्द्र रावण देवता, असुर, यक्ष, राक्षस और गन्धर्वों द्वारा भी अवध्य था। करोड़ों राक्षस जिसकी रक्षा कर रहे थे। जो देवताओंसे वर प्राप्त करके उन्मत्त हो गया था। जो सिंहके समान पराक्रमी और नील अंजन तथा नील मेघके समान भीषणकाय था। भगवान रामने उस लोकरावण (संसारको रुलानेवाले), क्रूरहृदय, दुराचारी, अपराधी, पुलस्त्यतनय एवं दुर्जय रावणको उसके भ्राता, पुत्र, मंत्री तथा सेनाके साथ मार डाला। उन्हीं रणवीर रामने वरलाभसे गर्वित मधुपुत्र लवणासुर तथा अन्यान्य राक्षसोंका भी वध किया था ॥१३५-१४१॥ धार्मिकप्रधान रामने इन महान् कार्योंको सम्पन्न करनेके बाद अयोध्यामें दस सराहनीय अश्वमेध यज्ञ किये ॥ १४२ ॥ हे राजन् ! रामराज्यमें कभी कोई अशुभ बात नहीं सुनायी देती थी। वायु नित्य अनुकूल होकर बहता था। उनके राज्यमें कभी कोई स्त्री विधवा होकर आँसू नहीं बहाती

वानरेंद्रो महाबलः ॥ वाली विनिहतो युद्धे सुग्रीवश्चाभिषेचितः ॥ १३४ ॥ देवासुरगणानां हि यक्षगंधर्वभोगिनाम् ॥ अवध्यं राक्षसेन्द्रं तं रावणं युधि दुर्जयम् ॥ १३५ ॥ युक्तं राक्षसकोटीभिर्नीलांजनचयोपमम् ॥ त्रैलोक्यरावणं घोरं रावणं राक्षसेश्वरम् ॥ १३६ ॥ दुर्जयं दुर्धरं दृप्तं शार्दूलसमविक्रमम् ॥ दुर्निरीक्ष्यं सुरगणैर्वरदानेन दर्पितम् ॥ १३७ ॥ जघान सचिवैः सार्द्धं ससैन्यं रावणं युधि ॥ महाभ्रघनसंकाशं महाकायं महाबलम् ॥ १३८ ॥ तमागस्कारिणं घोरं पौलस्त्यं युधि दुर्जयम् ॥ सभ्रातृपुत्रसचिवं ससैन्यं क्रूरनिश्चयम् ॥ १३९ ॥ रावणं निजघानाशु रामो भूतपतिः पुरा ॥ मधोश्च तनयो दृप्तो लवणो नाम दानवः ॥ १४० ॥ हतो मधुवने वीरो वरदृप्तो महासुरः ॥ समरे युद्धशौण्डेन तथा चान्येऽपि राक्षसाः ॥ १४१ ॥ एतानि कृत्वा कर्माणि रामो धर्मभृतां वरः ॥ दशाश्वमेधाञ्जारूथ्यानाजहार निरर्गलान् ॥ १४२ ॥ नाश्रूयन्ताशुभा वाचो नाकुलं मारुतो ववौ ॥ न वित्तहरणं त्वासीद्रामे राज्यं प्रशासति ॥ १४३ ॥ पर्यदेवन्न विधवा नानर्थाश्चाभवंस्तदा ॥ सर्वमासीज्जगद्दान्तं रामे राज्यं प्रशासति ॥ १४४ ॥ न प्राणिनां भयं चापि जलानिलनिघातजम् ॥ न च स्म वृद्धा बालानां प्रेतकार्याणि कुर्वते ॥ १४५ ॥ ब्रह्म पर्यचरत्क्षत्रं विशः क्षत्रमनुव्रताः ॥ नार्यो नात्यचरन्भर्तृन्भार्यां नात्यचरत्पतिः ॥ १४६ ॥ सर्वमासीज्जगद्दान्तं निर्दस्युरभवन्मही ॥ राम एकोऽभवद्भर्ता रामः पालयिताऽभवत् ॥ १४७ ॥ आयुर्वर्षसहस्राणि तथा पुत्रसहस्रिणः ॥ अरोगाः प्राणिनश्चासन्रामे राज्यं प्रशासति ॥ १४८ ॥ देवतानामृषीणां च

थी। उनके शासनकालमें चोरी नहीं होती थी। कभी किसी जीवको जल तथा वायुसे कष्ट नहीं होता था। कभी कोई वृद्ध अपने मृत बालकका प्रेतकार्य नहीं करता था। उस समय क्षत्रिय ब्राह्मणोंकी, वैश्य क्षत्रियोंकी एवं शूद्र अहंकारशून्य होकर उपर्युक्त तीनों वर्णोंकी सेवा करते थे। उस समय पति पत्नीपर एवं पत्नी पतिपर किसी प्रकारका अत्याचार नहीं करती थी ॥ १४३-१४६ ॥ उन दिनों अकेले राम सब प्रजाजनोंके राजा और वे ही सबके पालनकर्ता थे। इस कारण उस समय सारा संसार सुखी और दस्युविहीन था ॥ १४७ ॥ उस समयके लोगोंकी परमायु हजार वर्षकी थी और एक-एक मनुष्य हजार-हजार पुत्रोंका पिता होता था। रामके राज्यकालमें सब लोग नीरोग रहते थे ॥ १४८ ॥ रामराज्यमें देवता,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मनुष्य और ऋषिगण एक ही सभामें साथ-साथ बैठते थे ॥ १४९ ॥ पुराणवेत्तागण उनकी महिमा गाते हुए कहते हैं कि राममें सभी यथार्थ तत्त्वोंका समावेश था ॥ १५० ॥ भगवान रामका श्याम वर्ण था । उनके नेत्र लाल थे और मुख तेजस्वी था । वे मितभाषी थे । उनकी भुजायें आजानु लम्बी थीं और स्कन्धप्रदेश सिंहसदृश समुन्नत था । वे युवा, बलवान् और विविध गुणोंके आगार थे ॥ १५१ ॥ भगवान रामने ग्यारह हजार वर्षोंतक अयोध्याधिपति होकर राज्य किया ॥ १५२ ॥ महात्मा रामके राज्यमें धनुषकी प्रत्यंचाका टंकोर तथा ऋक्, साम एवं यजुर्वेदकी ध्वनि कभी भी बन्द नहीं हुई । उनके समस्त राज्यमें 'दीयतां' अर्थात् दान दो और 'भुज्यतां' यानी भोग करो की ही ध्वनि सुनायी देती थी ॥ १५३ ॥ अपने तेजसे तेजस्वी भगवान रामके सौकुमार्य तथा शौर्यको देखकर सूर्य और चन्द्रमा भी लज्जित हो जाते थे ॥ १५४ ॥ हे महाराज ! इक्ष्वाकुकुलनन्दन महाबाहु राघवेन्द्र राम इस प्रकार

मनुष्याणां च सर्वशः ॥ पृथिव्यां समवायोऽभूद्रामे राज्यं प्रशासति ॥ १४९ ॥ गाथा अप्यत्र गायन्ति ये पुराणविदो जनाः ॥ रामे निबद्धतत्त्वार्था माहात्म्यं तस्य धीमतः ॥ १५० ॥ श्यामो युवा लोहिताक्षो दीप्तास्यो मितभाषिता ॥ आजानुबाहुः सुमुखः सिंहस्कन्धो महाभुजः ॥ १५१ ॥ दश वर्षसहस्राणि दश वर्षशतानि च ॥ अयोध्याधिपतिर्भूत्वा रामो राज्यमकारयत् ॥ १५२ ॥ ऋक्सामयजुषां घोषो ज्याघोषश्च महात्मनः ॥ अव्युच्छिन्नोऽभवद्राज्ये दीयतां भुज्यतामिति ॥ १५३ ॥ सत्त्ववान्गुणसंपन्नो दीप्यमानः स्वतेजसा ॥ अतिचन्द्रं च सूर्यं च रामो दाशरथिर्बभौ ॥ १५४ ॥ ईजे क्रतुशतैः पुण्यैः समाप्तवरदक्षिणैः ॥ हित्वाऽयोध्यां दिवं यातो राघवः स महाबलः ॥ १५५ ॥ एवमेष महाबाहुरिक्ष्वाकुकुलनन्दनः ॥ रावणं सगणं हत्वा दिवमाचक्रमे प्रभुः ॥ १५६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अपरः केशवस्यायं प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ विख्यातो माथुरे कल्पे सर्वलोकहिताय वै ॥ १५७ ॥ यत्र शाल्वं च मैन्दं च द्विविदं कंसमेव च ॥ अरिष्टमृषभं केशिं पूतनां दैत्यदारिकाम् ॥ १५८ ॥ नागं कुवलयापीडं चाणूरं मुष्टिकं तथा ॥ दैत्यान्मानुषदेहस्थान्सूदयामास वीर्यवान् ॥ १५९ ॥ छिन्नं बाहुसहस्रं च बाणस्याद्भुतकर्मणः ॥ नरकश्च हतः संख्ये यवनश्च महाबलः ॥ १६० ॥ हृतानि च महीपानां सर्वरत्नानि तेजसा ॥ दुराचाराश्च निहताः पार्थिवाश्च महीतले ॥ १६१ ॥ नवमे द्वापरे विष्णुरष्टाविंशे पुराऽभवत् ॥ वेदव्यासस्तथा जज्ञे जातूकर्ण्यपुरःसरः ॥ १६२ ॥ एको वेदश्चतुर्धा तु कृतस्तेन महात्मना ॥ जनितो भारतो

अनुचरों समेत रावणको मारकर प्रचुर दक्षिणा दे-देकर सौ यज्ञ पूर्ण करनेके बाद अयोध्या त्यागकर परमधामको चले गये ॥१५५॥१५६॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! माथुर कल्पमें लोकल्याणके लिए अवतीर्ण होकर महात्मा कृष्णने जो कार्य किये, अब मैं उन्हें बता रहा हूँ, सुनिए ॥ १५७ ॥ कृष्णावतारमें भगवानने शाल्व, मैन्द, द्विविद, कंस, अरिष्ट, वृषभ, केशी, दैत्यपुत्री पूतना, कुवलयापीड हाथी और चाणूर-मुष्टिक जैसे मानवरूपधारी बहुतेरे दैत्योंको मारा था ॥१५८॥१५९॥ उन्होंने ही बाणासुरकी सहस्र भुजायें काटीं और महाबली यवनराज तथा नरकासुरका वध किया था ॥ १६० ॥ उन्होंने ही दुराचारी राजाओंको मारकर बलपूर्वक उनका धन-रत्न छीन लिया था ॥ १६१ ॥ अतीत अष्टाविंश द्वापर युगमें नारायणका नवम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अवतार हुआ। उस समय वे जातूकर्ण्यके साथ वेदव्यासके रूपमें अवतरे थे ॥१६२॥ उन सत्यवतीतनय व्यास भगवानने एक वेदके चार भाग किये और भरतवंशको उत्पन्न किया ॥१६३॥ हे महाराज जनमेजय! इस प्रकार मैंने आपको भगवानके लोकहितकारी अतीत अवतारोंका वृत्तान्त सुनाया। अब भावी अवतारोंका वृत्तान्त बता रहा हूँ ॥१६४॥ नवम अवतारका कार्य-काल समाप्त होनेपर विष्णुभगवान फिर लोकहितके लिए सम्भल ग्राममें विष्णुयशा ब्राह्मणके पुत्र होकर कल्कीके नामसे दसवाँ अवतार लेंगे ॥१६५॥ उस समय महर्षि याज्ञवल्क्यके साथ वे कल्की भगवान पहले क्षणिकवादी बौद्धोंको शास्त्रार्थमें वाग्युद्धसे और बादमें सशस्त्र युद्ध द्वारा परास्त करके भावी कार्य सिद्ध करनेके लिए गङ्गा-यमुनाके मध्यवर्ती प्रदेशमें स्ववर्गीय लोगोंके साथ शान्तिलाभ करेंगे। उसके बाद परस्पर दारादि अपहरणजनित विवाद उपस्थित होनेपर उस समयके राजा, प्रजा, मंत्री तथा सैनिक आपसमें लड़कर समाप्त हो जायँगे। उस समय संसारमें अराजकता छा जायगी। जिससे प्रजा परस्पर लड़ने लगेगी और बलवान् दुर्बलोंका सर्वस्व अपहरण कर लेंगे। उस समय कलिके सन्ध्यांशका समय होगा। अतएव सब लोग

वंशः सत्यवत्याः सुतेन च ॥ १६३ ॥ एते लोकहितार्थाय प्रादुर्भावा महात्मनः ॥ अतीताः कथिता राजन्कथ्यन्ते चाप्यनागताः ॥ १६४ ॥ कल्किर्विष्णुयशा नाम शम्भलग्रामके द्विजः ॥ सर्वलोकहितार्थाय भूयश्चोत्पत्स्यते प्रभुः ॥१६५॥ दशमो भाव्यसंपन्नो याज्ञवल्क्यपुरःसरः ॥ क्षपयित्वा च तान्सर्वान्भाविनाऽर्थेन चोदितान् ॥१६६॥ गङ्गायमुनयोर्मध्ये निष्ठां प्राप्स्यति सानुगः ॥ ततः कुले व्यतीते तु सामात्ये सहसैनिके ॥१६७॥ नृपेष्वथ प्रणष्टेषु तदा त्वप्रग्रहाः प्रजाः ॥ क्षयेण निर्वृते चैव हत्वा चान्योन्यमाहवे ॥ १६८ ॥ परस्परहृतस्वाश्च निराक्रन्दाः सुदुःखिताः ॥ एवं कष्टमनुप्राप्ताः कलिसंध्यांशगे तदा ॥ प्रजाः क्षयं प्रयास्यन्ति सार्द्धं कलियुगेन ह ॥१६९॥ क्षीणे कलियुगे तस्मिंस्ततः कृतयुगं पुनः ॥ प्रपत्स्यते यथान्यायं स्वभावादेव नान्यथा ॥ १७० ॥ एते चान्ये च बहवो दिव्या देवगुणैर्युताः ॥ प्रादुर्भावाः पुराणेषु गीयन्ते ब्रह्मवादिभिः ॥ १७१ ॥ यत्र देवाश्च मुह्यन्ति प्रादुर्भावानुकीर्तने ॥ पुराणं वर्तते यत्र वेदश्रुतिसमाहितम् ॥ १७२ ॥ एतदुद्देशमात्रेण प्रादुर्भावानुकीर्त्तनम् ॥ कीर्तितं कीर्तनीयस्य सर्वलोकगुरोः प्रभोः ॥ १७३ ॥ प्रीयन्ते पितरस्तस्य प्रादुर्भावानुकीर्त्तनात् ॥ विष्णोरतुलवीर्यस्य यः शृणोति कृताञ्जलिः ॥ १७४ ॥ एतास्तु योगेश्वरयोगमायाः श्रुत्वा नरो मुच्यति सर्वपापैः ॥ ऋद्धिं समृद्धिं विपुलांश्च भोगान्प्राप्नोति सर्वं भगवत्प्रसादात् ॥ १७५ ॥ इति

निरुपाय, अत्यन्त दुःखित तथा कलहपरायण होकर कलियुगकी समाप्तिके साथ-साथ तत्कालीन प्रजा भी नष्ट हो जायगी ॥ १६६–१६९ ॥ इस प्रकार कलियुगका अन्त हो जानेपर फिर सत्ययुग प्रारम्भ होगा। उस समय लोग स्वभावतः न्यायपरायण होंगे। इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥ १७० ॥ ब्रह्मवादी ऋषि पुराणोंमें विष्णुभगवानके ऐसे-ऐसे अनेक अवतारोंका वर्णन कर गये हैं। भगवानके अवतारोंका वर्णन सुनकर देवता भी चक्करमें पड़ जायँगे और वेद-श्रुतिसम्पन्न पुराणोंका प्रसार होता रहेगा ॥ १७१ ॥ १७२ ॥ यहाँ मैंने सबके गुरु एवं कीर्तनीय गुणगणयुक्त श्रीविष्णुभगवानके अवतारोंका संक्षिप्त रूपमें वर्णन किया है ॥ १७३ ॥ जो प्राणी अतुलित पराक्रमी विष्णुभगवानकी इन अवतारकथाओंको हाथ जोड़कर सुनता है, उसके पितर प्रसन्न होते हैं। जो लोग विनयभावसे योगीश्वर विष्णुभगवानकी योगमायाके वृत्तान्तको श्रद्धापूर्वक सुनते हैं, वे सब पापोंसे मुक्त हो जाते हैं। भगवानकी कृपासे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्हें धन-धान्य आदि विपुल समृद्धि प्राप्त होती है और सब प्रकारके भोग सुलभ हो जाते हैं ॥१७४॥१७५॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि भाषाटीकायामेकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥४१॥

(श्रीविष्णुभगवानका ईश्वरत्ववर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! अब मैं विष्णुभगवानका सत्ययुगमें विश्वत्व, हरित्व, देवलोकमें वैकुण्ठत्व और मानवलोकमें कृष्णत्व प्रभृति अति दुरूह सत्यादि युगोंमें किये हुए भूत तथा भविष्यके सब कार्योंका यथार्थ वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए ॥ १ ॥ २ ॥ वे भगवान अविनाशी, जगत्स्रष्टा, अनन्तात्मा और अव्यक्त स्वरूप हैं। वे ही महाप्रभु देहधारी होकर सत्ययुगमें 'हरि' कहलाये । ब्रह्मा, इन्द्र, चन्द्रमा, धर्मराज, शुक्र और बृहस्पति ये सब नारायणके रूपान्तरमात्र हैं ॥३॥४॥ वे ही अदितिके पुत्ररूपमें परिणत होकर इन्द्रके छोटे भाई विष्णु नामसे विख्यात हुए ॥ ५ ॥ सुरशत्रु दैत्यों, दानवों एवं राक्षसोंका वध करनेके लिए अदितिका पुत्र होना उनका अनुग्रहमात्र था ॥ ६ ॥

श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि एकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ विश्वत्वं शृणु मे विष्णोर्हरित्वं च कृते युगे ॥ वैकुण्ठत्वं च देवेषु कृष्णत्वं मानुषेषु च ॥ १ ॥ ईश्वरत्वं च तस्येदं गहनां कर्मणां गतिम् ॥ संप्रत्यतीतां भाव्यां च शृणु राजन् यथातथम् ॥२॥ अव्यक्तो व्यक्तलिङ्गस्थो यत्रैष भगवान्प्रभुः ॥ नारायणो ह्यनंतात्मा प्रभवोऽव्यय एव च ॥ ३ ॥ एष नारायणो भूत्वा हरिरासीत्कृते युगे ॥ ब्रह्मा शक्रश्च सोमश्च धर्मः शुक्रो बृहस्पतिः ॥ ४ ॥ अदितेरपि पुत्रत्वमेत्य यादवनन्दनः ॥ एष विष्णुरिति ख्यात इन्द्रादवरजोऽभवत ॥ ५ ॥ प्रसादजं ह्यस्य विभोरदित्याः पुत्रजन्म तत् ॥ वधार्थं सुरशत्रूणां दैत्यदानवरक्षसाम् ॥ ६ ॥ प्रधानात्मा पुरा ह्येष ब्रह्माणमसृजत्प्रभुः ॥ सोऽसृजत्पूर्वपुरुषः पुरा कल्पे प्रजापतीन् ॥ ७ ॥ ते तन्वानास्तनूस्तत्र ब्रह्मवंशाननुत्तमान् ॥ तेभ्योऽभवन्महात्मभ्यो बहुधा ब्रह्म शाश्वतम् ॥ ८ ॥ एतदाश्चर्यभूतस्य विष्णोर्नामानुकीर्त्तनम् ॥ कीर्तनीयस्य लोकेषु कीर्त्यमानं निबोध मे ॥ ९ ॥ वृत्ते वृत्रवधे तात वर्त्तमाने कृते युगे ॥ आसीत्त्रैलोक्यविख्यातः संग्रामस्तारकामयः ॥ १० ॥ तत्रासन्दानवा घोराः सर्वे संग्रामदर्पिताः ॥ घ्नन्ति देवगणान्सर्वान्सयक्षोरगराक्षसान् ॥ ११ ॥ ते वध्यमाना विमुखाः क्षीणप्रहरणा रणे ॥ त्रातारं मनसा जग्मुर्देवं नारायणं हरिम् ॥ १२ ॥ एतस्मि-

उन त्रिगुणात्मक मायामय परमेश्वरसे ही ब्रह्मा उत्पन्न हुए थे। उन आदिपुरुषने ही पूर्वकालमें मरीचि आदि प्रजापतियोंकी सृष्टि की थी ॥७॥ उन्होंने ही कश्यपादि विविध रूपोंमें अपना रूपान्तर करके अत्युत्कृष्ट ब्रह्मवंशका विस्तार किया था। आगे चलकर उन्हीं महात्माओं द्वारा शाश्वत वेद विविध शाखाओंमें विभक्त हो गया। उस वेदका पाठ केवल उन महामहिमामय परमेश्वरका नामसंकीर्तन मात्र है। हे महाराज! यह मैंने आपको वेदपाठस्वरूप विष्णुनामके संकीर्तनकी बात बतायी। इसके अतिरिक्त उन विष्णुभगवानके वेदपाठस्वरूप अन्यान्य वर्णनीय विषय बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ८ ॥ ९ ॥ सत्ययुगमें वृत्रासुरवधके बाद तारकामय नामका एक त्रिलोकविख्यात युद्ध हुआ था ॥ १० ॥ उस संग्राममें दानवगण रणोन्मत्त होकर भयानक रूप धारण करके देवताओं, गन्धर्वों, यक्षों, राक्षसों एवं नागोंका वध करने लगे ॥११॥ उन दैत्योंके भीषण प्रहारसे व्याकुल एवं निरस्त्र होकर वे देव-गन्धर्व आदि युद्धभूमि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्यागकर भाग निकले और एकमात्र निस्तारकर्ता श्रीविष्णुभगवानकी शरणमें जा पहुँचे ॥१२॥ उस समय काले-काले मेघ घिर आये, जिससे सूर्य-चन्द्र आदि ग्रहगणोंके साथ सारा आकाश-
मण्डल ढँक गया ॥ १३ ॥ सातों वायु बड़े वेगसे बहने लगे । मेघोंके परस्पर संघर्षसे जोरोंकी बिजली चमकने लगी और घोर गर्जन होने लगा ॥ १४ ॥ एक साथ अनेक वज्रपात और
उल्कापात होने लगे । तप्त जलकी वर्षा, वज्रपात एवं उल्कापात आदि उत्पातोंको देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि मानों आकाशमें आग लग गयी है और वही पिघल-पिघलकर नीचे गिर
रही है । आकाशमें उड़नेवाले विमान कभी निम्नमुख और कभी ऊर्ध्वमुख होने लगे ॥ १५ ॥ १६ ॥ चारों ओर घटाटोप अन्धकार छा जानेके कारण दिशायें और आकाश कुछ भी नहीं
दिखायी देता था । चतुर्युगीके अन्तकालमें जैसे प्रलयसे सब लोग भयभीत हो जाते हैं । इन उत्पातोंको देखकर सबकी वही दशा इस समय भी थी ॥ १७ ॥ १८ ॥ वह परिस्थिति
देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो अमावस्याकी काली रात काले मेघोंका अवगुण्ठन (घूँघट) डालकर सबके समक्ष खड़ी है । सूर्यभगवानके अलक्षित होने और घोर अन्धकार

न्नन्तरे मेघा निर्वाणाङ्गारवर्षिणः ॥ सार्कचन्द्रग्रहगणं छादयन्तो नभस्तलम् ॥ १३ ॥ चञ्चद्विद्युद्गणाविद्धा घोरा निर्ह्रादकारिणः ॥ अन्योन्यवेगा-
भिहताः प्रववुः सप्त मारुताः ॥ १४ ॥ दीप्ततोयाशनीपातैर्वज्रवेगानिलाकुलैः ॥ ररास घोरैरुत्पातैर्दह्यमानमिवाम्बरम् ॥ १५ ॥ पेतुरुल्कासहस्राणि
मुहुराकाशगान्यपि ॥ न्युब्जानि च विमानानि प्रतपन्त्युत्पतन्ति च ॥ १६ ॥ चतुर्युगान्तपर्याये लोकानां यद्भयं भवेत् ॥ तादृशान्येव रूपाणि
तस्मिन्नुत्पातलक्षणे ॥ १७ ॥ तमसा निष्प्रभं सर्वं न प्राज्ञायत किंचन ॥ तिमिरौघपरिक्षिप्ता न रेजुश्च दिशो दश ॥ १८ ॥ निशेव रूपिणी
काली कालमेघावगुण्ठिता ॥ द्यौर्न भात्यभिभूतार्का घोरेण तमसाऽऽवृता ॥१९॥ तान्घनौघान्सतिमिरान्दोर्भ्यामुत्क्षिप्य सः प्रभुः ॥ वपुः संदर्शया-
मास दिव्यं कृष्णवपुर्हरिः ॥ २० ॥ बलाहकाञ्जननिभं बलाहकतनूरुहम् ॥ तेजसा वपुषा चैव कृष्णं कृष्णमिवाचलम् ॥ २१ ॥ दीप्तपीताम्बरधरं
तप्तकाञ्चनभूषणम् ॥ धूमान्धकारवपुषं युगान्ताग्निमिवोत्थितम् ॥ २२ ॥ चतुर्द्विगुणपीनांसं बलाकापङ्क्तिभूषणम् ॥ चामीकरकराकारैरायुधैरुपशो-
भितम् ॥ २३ ॥ चन्द्रार्ककिरणोद्द्योतं गिरिकूटं शिलोच्चयम् ॥ नन्दकानन्दितकरं शराशीविषधारिणम् ॥ २४ ॥ शक्तिचित्रहलोदग्रं शङ्खचक्रग-
दाधरम् ॥ विष्णुशैलक्षमामूलं श्रीवक्षःशार्ङ्गधन्विनम् ॥ २५ ॥ हर्यश्वरथसंयुक्ते सुपर्णध्वजशोभिते ॥ चन्द्रार्कचक्ररचिते मन्दराक्षधृतान्तरे ॥२६॥

छा जानेके कारण आकाश भी नहीं दिखायी देता था ॥ १९ ॥ इसी समय श्यामशरीर विष्णुभगवान अपने दोनों हाथोंसे उस अन्धकारराशिको हटाकर दिव्यरूपमें सबके समक्ष प्रकट
हो गये ॥ २० ॥ भगवानका शरीर, उनका तेज और शरीरके रोयें सब मेघांजन तथा नीलगिरि सदृश श्याम थे ॥ २१ ॥ उस समय वे स्वच्छ पीताम्बर पहने हुए थे और
सब अंगोंमें तपाये हुए सुवर्णके आभूषण विद्यमान थे । उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि युगान्तका धूमाच्छादित अनल भड़क उठा है ॥२२॥ उस समय उनका स्कन्धदेश आठगुना मोटा
था । सोनेकी मूठवाले शस्त्रास्त्र उनके पास थे ॥ २३ ॥ केशपाश किरीटसे ढँका हुआ था । उनका शरीर सूर्य और चन्द्रकिरणके समान शुभ्र था । वे पर्वतवत् निश्चल थे और मैनसिलके
रंगका कमरबन्द सुशोभित था । हाथमें नन्दक नामका खड्ग, सर्पसदृश बाण, शक्ति, वज्र, हल, शंख, चक्र और गदा विद्यमान थी । उस समय क्षमामूल, श्रीवक्ष और शार्ङ्ग धनुष-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धारी विष्णु पर्वतके सदृश दीख रहे थे ॥ २४ ॥ २५ ॥ वे दिव्यलोकमय रथपर सवार थे। उस रथमें हरित वर्णके घोड़े जुते थे और उनके रथकी ध्वजापर गरुड़ बैठे थे। चन्द्रमा-सूर्य उस
रथके पहिये थे। मन्दराचल पर्वत उस रथका धुरा था ॥ २६ ॥ शेषभगवान उस रथकी रास, सुमेरुपर्वत कूबर, तारामण्डल उस रथके चित्र-विचित्र पुष्प और ग्रह-नक्षत्र बन्धन थे
॥ २७ ॥ दैत्यपराजित इन्द्रादि देवता उन आकाशस्थित अभयदायक देवको देखते ही हाथ जोड़-जोड़कर जय-जयकार करते हुए उनके शरणागत हो गये ॥ २८ ॥ २९ ॥ आकाशमें
स्थित देवताप्रिय पुरुषोत्तम विष्णु उन सबकी आर्त वाणी सुनकर संग्राममें दैत्योंका वध करनेका संकल्प करके प्रतिज्ञापूर्वक बोले—॥ ३० ॥ ३१ ॥ हे देवताओं! मत डरो और निश्चिन्त
हो जाओ। मैं अभी इन दैत्योंको पराजित किये देता हूँ। तब तुम त्रिलोकीके राज्यपर फिर अधिकार कर लेना ॥ ३२ ॥ सत्यप्रतिज्ञ विष्णुभगवानकी यह वाणी सुनकर देवताओंको वैसा

अनन्तरश्मिसंयुक्ते ददृशे मेरुकूबरे ॥ तारकाचित्रकुसुमे ग्रहनक्षत्रबन्धुरे ॥ २७ ॥ भयेष्वभयदं व्योम्नि देवा दैत्यपराजिताः ॥ ददृशुस्ते स्थितं देवं
दिव्यलोकमये रथे ॥ २८ ॥ ते कृताञ्जलयः सर्वे देवाः शक्रपुरोगमाः ॥ जयशब्दं पुरस्कृत्य शरण्यं शरणं गताः ॥ २९ ॥ स तेषां ता गिरः
श्रुत्वा विष्णुर्दयितदेवतः ॥ मनश्चक्रे विनाशाय दानवानां महामृधे ॥ ३० ॥ आकाशे तु स्थितो विष्णुः सोत्तमे पुरुषोत्तमः ॥ उवाच देवताः सर्वाः
सप्रतिज्ञमिदं वचः ॥ ३१ ॥ शान्तिं भजत भद्रं वो मा भैष्ट मरुतां गणाः ॥ जिता मे दानवाः सर्वे त्रैलोक्यं प्रतिगृह्यताम् ॥ ३२ ॥ ते तस्य
सत्यसन्धस्य विष्णोर्वाक्येन तोषिताः ॥ देवाः प्रीतिं परां जग्मुः प्राप्येवामृतमुत्थितम् ॥ ३३ ॥ ततस्तमः संह्रियते विनेशुश्च बलाहकाः ॥ प्रववुश्च
शिवा वाताः प्रसन्नाश्च दिशो दश ॥ ३४ ॥ सुप्रभाणि च ज्योतींषि चन्द्रं चक्रुः प्रदक्षिणम् ॥ दीप्तिमन्ति च तेजांसि चक्रुरर्कं प्रदक्षिणम् ॥ ३५ ॥
न विग्रहं ग्रहाश्चक्रुः प्रसन्नाश्चापि सिन्धवः ॥ नीरजस्का बभुर्मार्गा नाकमार्गादयस्त्रयः ॥ ३६ ॥ यथार्थमूहुः सरितो नापि चुक्षुभिरेऽर्णवाः ॥ आस-
ञ्छुभानीन्द्रियाणि नराणामन्तरात्मसु ॥ ३७ ॥ महर्षयो वीतशोका वेदानुच्चैरधीयत ॥ यज्ञेषु च हविः स्वादु शिवमश्नाति पावकः ॥ ३८ ॥
प्रवृत्तधर्माः संवृत्ता लोका मुदितमानसाः ॥ प्रीत्या परमया युक्ता देवदेवस्य भूपते ॥ विष्णोः सत्यप्रतिज्ञस्य श्रुत्वाऽरिनिधने गिरम् ॥ ३९ ॥ इति
श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥

ही आनन्द मिला, जैसा कि क्षीरसागरका मन्थन करके अमृतप्राप्तिसे आनन्द प्राप्त हुआ था ॥ ३३ ॥ इसके बाद अन्धकार नष्ट हो गया। मेघ गायब हो गये। सुखदायी वायु बहने लगी
और दसों दिशायें स्वच्छ हो गयीं ॥३४॥ सूर्य और चन्द्रमाकी ज्योति निर्मल हो गयी और नक्षत्रगण सूर्य-चन्द्रकी प्रदक्षिणा करने लगे ॥३५॥ ग्रहोंका पारस्परिक संक्षोभ जाता रहा। नदियोंका
जल और पृथ्वी तथा स्वर्गका मार्ग साफ हो गया ॥ ३६ ॥ नदियाँ अपनी राह बहने लगीं और समुद्रका क्षोभ भी शान्त हो गया। मनुष्योंके मनकी शंका दूर हो गयी ॥३७॥ महर्षि
निराकुल होकर उच्च स्वरसे वेदाध्ययन करने लगे। अग्निदेव यज्ञोंमें सुस्वादु यज्ञीय हवि भोजन करने लगे ॥३८॥ संसारके सब प्राणी प्रसन्न मनसे धर्म-कर्ममें लग गये। हे राजन्! सत्य-
प्रतिज्ञ विष्णुभगवानके शत्रुनाशकी प्रतिज्ञा सुनकर वे अत्यधिक प्रसन्न हुए ॥३९॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विचत्वारिंशोऽध्यायः सर्गः ॥४२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(दैत्यसेनाके विस्तारका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब दैत्यों और दानवोंको भगवान द्वारा देवतावर्गके लिए अभयदानकी बात मालूम हुई तो वे बड़ी तत्परताके साथ युद्धकी तैयारी करने लगे ॥१॥ तदनुसार मय दानव एक स्वर्णमय रथपर सवार हुआ । वह रथ बारह सौ हाथ विस्तृत था । उसमें चार पहिये थे और वह विषम भूमिमें भी चल सकता था । उसमें गदा-परिघ आदि विविध शस्त्रास्त्र, तूणीर, किंकिणी आदि वस्तुयें विद्यमान थीं । वह रथ व्याघ्रचर्मसे आच्छादित था । वह रत्नों तथा सोनेकी झालरोंसे सुशोभित था ॥२॥३॥ उसमें विविध प्रकारकी कृत्रिम पुत्तलिकायें, स्वर्णकेयूर (बिजायठ), वलय (कंकण), सुवर्णमण्डित कूबर और सुन्दर अक्ष विद्यमान था । उसके चलने समय मेघके समान गम्भीर गर्जन होता था । उसमें रत्नखचित स्वर्णपक्षी चित्रित थे । उसमें बैठनेकी सुविधा थी और वह पर्वतके समान ऊँचा था । विविध मृगों और पक्षियोंकी चित्रकारी की हुई थी । उसमें विविध दिव्य अस्त्र और तूणीर रखे हुए थे । मूर्तिमान् समुद्र तथा सूर्यके समान तेजस्वी होनेके कारण वह दूसरा मन्दराचल सरीखा दीख रहा था । उसका भल्लूक जैसा काला रंग था। वह बहुतेरे

वैशम्पायन उवाच ॥ ततोऽभयं विष्णुमयं श्रुत्वा दैतेयदानवाः ॥ उद्योगं विपुलं चक्रुर्युद्धाय युधि दुर्जयाः ॥ १ ॥ मयस्तु काञ्चनमयं त्रिनल्वान्तरमव्ययम् ॥ चतुश्चक्रं विक्रमन्तं सुकल्पितमहायुधम् ॥ २ ॥ किंकिणीजालनिर्घोषं द्वीपिचर्मपरिष्कृतम् ॥ खचितं रत्नजालैश्च हेमजालैश्च भूषितम् ॥ ३ ॥ स्वक्षं रथवरोदग्रं सूपस्थानमगोपमम् ॥ ईहामृगगणाकीर्णं पक्षिभिश्च विराजितम् ॥ दिव्यास्त्रतूणीरधरं पयोधरनिनादितम् ॥ ४ ॥ गदापरिघसंपूर्णं मूर्तिमन्तमिवार्णवम् ॥ हेमकेयूरवलयं स्वर्णमण्डलकूबरम् ॥५॥ सपताकध्वजोदग्रं सादित्यमिव मन्दरम् ॥ गजेन्द्राम्भोदसदृशं लम्बकेसरवर्चसम् ॥ ६ ॥ युक्तमृक्षसहस्रेण सहस्राम्बुदनादितम् ॥ दीप्तमाकाशगं दिव्यं रथं पररथारुजम् ॥ ७ ॥ अध्यतिष्ठद्रणाकांक्षी मेरुं दीप्तमिवांशुमान् ॥ तारस्तु क्रोशविस्तारमायसं वाहयन्रथम् ॥८॥ शैलोत्करसमाकीर्णं नीलाञ्जनचयोपमम् ॥ काललोहाष्टचरणं लोहेषायुगकूबरम् ॥ तिमिराङ्गारकिरणं गर्जन्तमिव तोयदम् ॥ ९ ॥ लोहजालेन महता सगवाक्षेण दंशितम् ॥ आयसैः परिघैः कीर्णं क्षेपणीयैस्तथाऽश्मभिः ॥ १० ॥ प्रासैः पाशैश्च विततैरवसक्तैश्च मुद्गरैः ॥ शोभितं त्रासनीयैश्च तोमरैः सपरश्वधैः ॥ ११ ॥ उद्यन्तं द्विषतां हेतोर्द्वितीयमिव मन्दरम् ॥ युक्तं खरसहस्रेण सोऽध्यारोहद्रथोत्तमम् ॥ १२ ॥ विरोचनस्तु संक्रुद्धो गदापाणिरवस्थितः ॥ प्रमुखे तस्य सैन्यस्य दीप्तशृङ्ग इवाचलः ॥ १३ ॥ युक्तं हयसहस्रेण हयग्री-

शत्रुओंको नष्ट करनेमें समर्थ था। वह आकाशमें भी चल सकता था। चलते समय उसमें हजारों मेघोंकी गर्जना सुनायी देती थी । वह शत्रुके रथोंको चूर्ण कर सकता था ॥४-७॥ मय दानव उस तेजस्वी रथपर सवार होकर ऐसा लग रहा था, जैसे कि सूर्यभगवान सुमेरु पर्वतपर उदय हो रहे हों । उधर तारकासुर भी एक कोस लम्बे-चौड़े लौह रथपर सवार होकर उसे हाँक रहा था ॥ ८ ॥ उस रथमें शिलाराशि विद्यमान थी । उसमें लोहेके आठ पहिये थे । वह नीलांजनसमूह सरीखा दीख रहा था । लोहेका जुआ था । वह अन्धकारमें आग जैसा चमक रहा था और चलते समय उससे मेघगर्जन जैसा शब्द होता था ॥ ९ ॥ उसमें अनेक झरोखे बने हुए थे । लौहनिर्मित परिघ, क्षेपणीय, मुद्गर, प्रास, भयंकर तोमर तथा फरसे रक्खे हुए थे ॥ १० ॥ ११ ॥ वह रथ शत्रुओंको दूसरे मन्दर पर्वत जैसा दीखता था । उसमें एक हजार गधे जुते हुए थे ॥ १२ ॥ उस सेनाके अग्रभागमें क्रुद्धभावसे हाथमें गदा लिये विरोचन दीप्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शिखरवाले पर्वत सदृश खड़ा था ॥१३॥ हयग्रीव शत्रुसैन्यनाशक सहस्र अश्वयुक्त रथपर आरूढ़ होकर इधर-उधर घूमने लगा ॥१४॥ वराह दैत्य कई हजार धनुर्धरों पर रोदा चढ़ाकर जटायुक्त वटवृक्षकी तरह सेनाके अग्रभागमें जा डटा ॥ १५ ॥ खर राक्षस नेत्रोंसे क्रोधके आँसू बरसाता, दाँत पीसता और होंठ कँपाता हुआ युद्धकी प्रतीक्षा करने लगा ॥ १६ ॥ पराक्रमी त्वष्टा दानव अठारह घोड़ोंवाले रथपर सवार हो और बहुतेरे दानवोंसे घिरकर चक्कर काटने लगा ॥१७॥ श्वेत कुण्डलधारी एवं श्वेत पर्वताकार विप्रचित्तितनय श्वेत युद्धके लिए उत्सुक होकर शत्रुके सम्मुख डट गया ॥ १८ ॥ बलवान् बलिपुत्र अरिष्ट शिलाओंके अस्त्र लेकर पर्वत सदृश अचलभावसे खड़ा होकर समरकी प्रतीक्षा करने लगा ॥ १९ ॥ किशोर दैत्य स्वच्छन्द अश्वशावककी तरह उछलता-कूदता रणभूमिमें पहुँचा तो ऐसा मालूम पड़ा कि मानो सूर्य उदित हो गये हैं ॥ २० ॥ लम्ब नामका दैत्य प्रलम्बित वस्त्राभूषण धारण करके मेघके समान

वस्तु दानवः ॥ स्यन्दनं वाहयामास सपत्नानीकमर्दनम् ॥ १४ ॥ व्यायतं बहुसाहस्रं धनुर्विस्फारयन्महत् ॥ वराहः प्रमुखे तस्थौ सावरोह इवाचलः ॥ १५॥ खरस्तु विक्षरन्दर्पान्नेत्राभ्यां रोषजं जलम् ॥ स्फुरद्दन्तोष्ठवदनः संग्रामं सोऽभ्यकाङ्क्षत ॥१६॥ त्वष्टा त्वष्टादशहयं यानमास्थाय दानवः ॥ व्यूहितो दानवैर्व्यूहः परिचक्राम वीर्यवान् ॥ १७ ॥ विप्रचित्तिसुतः श्वेतः श्वेतकुण्डलभूषणः ॥ श्वेतशैलप्रतीकाशो युद्धायाभिमुखः स्थितः ॥१८॥ अरिष्टो बलिपुत्रस्तु वरिष्ठोऽद्रिशिलायुधैः ॥ युद्धायातिष्ठदायस्तो धराधर इवापरः ॥१९॥ किशोरस्त्वतिसंहर्षात्किशोर इव चोदितः ॥ अभवद्दैत्यसैन्यस्य मध्ये रविरिवोदितः ॥ २० ॥ लम्बस्तु लम्बमेघाभः प्रलम्बाम्बरभूषणः ॥ दैत्यव्यूहगतो भाति सनीहार इवांशुमान् ॥ २१ ॥ स्वर्भानुर्वक्रयोधी तु दशनौष्ठेक्षणायुधः ॥ हंसस्तिष्ठति दैत्यानां प्रमुखे स महाग्रहः ॥ २२ ॥ अन्ये हयगता भान्ति नागस्कन्धगताः परे ॥ सिंहव्याघ्रगताश्चान्ये वराहर्क्षगताः परे ॥ २३ ॥ केचित्खरोष्ट्रयातारः केचित्तोयदवाहनाः ॥ नानापक्षिगताश्चान्ये केचित्पवनवाहनाः ॥ २४ ॥ पत्तयश्चापरे दैत्या भीषणा विकृताननाः ॥ एकपादा द्विपादाश्च नर्दन्तो युद्धकाङ्क्षिणः ॥ २५ ॥ प्रक्ष्वेडमाना बहवः स्फोटयन्तश्च ते भुजान् ॥ दृप्तशार्दूलनिर्घोषा नेदुर्दानवपुङ्गवाः ॥ २६ ॥ ते गदापरिघैरुग्रैर्धनुर्व्यायामशालिनः ॥ बाहुभिः परिघाकारैस्तर्जयन्ति स्म देवताः ॥ २७ ॥ प्रासैः पाशैश्च खड्गैश्च तोमरांकुशपट्टिशैः ॥ चिक्रीडुस्ते शतघ्नीभिः शतधारैश्च मुद्गरैः ॥२८॥ गण्डशैलैश्च शैलैश्च परिघैश्चोत्तमायुधैः ॥ चक्रैश्च दैत्यप्रवराश्चक्रु-

दैत्यदलमें पहुँचकर कुहासेमें विद्यमान सूर्यकी तरह शोभायमान होने लगा ॥ २१ ॥ वक्रयुद्धमें निपुण राहु दाँत, होंठ और दृष्टिरूपी शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित होकर भयानक उत्पातके समान हँसता हुआ सेनाके समक्ष खड़ा हो गया ॥ २२ ॥ कुछ दैत्य घोड़ोंपर, कुछ हाथियोंपर, कुछ सिंह, व्याघ्र, वराह तथा भालुओंपर सवार होकर आये ॥ २३ ॥ कुछ दैत्य गधों, कुछ ऊँटों, कुछ मेघों, कुछ पक्षियों और कुछ दैत्य वायुके वाहनपर चढ़कर आये ॥ २४ ॥ बहुतेरे भयानक और विकृत मुखवाले दानव पैदल ही आ पहुँचे। उनमें किसीके एक पैर था और और किसीके दो। वे सभी युद्धके लिए मतवाले होकर गर्जन कर रहे थे ॥ २५ ॥ वे सब युद्धोन्मुख होकर नाचने और कुछ दैत्य भुजा उठा-उठाकर सिंहगर्जन करने लगे ॥ २६ ॥ बहुतेरे कसरती दानव गदा, परिघ एवं धनुष ले-लेकर अपनी परिघसदृश भुजाओंसे देवताओंको डराने लगे ॥ २७ ॥. प्रास, पाश, खड्ग, तोमर, अंकुश, पट्टिश, शतघ्नी, शितधार, मुद्गर,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गण्डशैल, शैल और परिघ आदि उत्कृष्ट अस्त्र-शस्त्रोंको ले-लेकर कौतुक करते हुए दैत्यसैनिक बहुत आनान्दत हुए ॥ २८ ॥ २९ ॥ इस प्रकार युद्धके लिए उतावली वह दानवी सेना उमड़ते मेघसमूहके समान देवताओंके समक्ष जा डटी ॥ ३० ॥ वायु, अग्नि, जल, मेघ और पर्वतके समान हजारों दैत्योंसे भरी वह अद्भुत सेना युद्धके लिए देवताओंके सम्मुख जाकर उन्मत्तके समान खड़ी हो गयी ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी'भाषाटीकायां त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥

(देवसेनाके विस्तारका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे तात ! आपने दैत्यसेनाका विस्तार भलीभाँति सुन लिया । अब देवसेनाका विस्तार तथा विष्णुविषयक वृत्तान्त विस्तृत-रूपसे बता रहा हूँ, सुनिए ॥ १ ॥ आदित्य, वसु, रुद्र तथा महाबली दोनों अश्विनीकुमार अपनी सेना तथा अनुयायियोंके साथ युद्धकी तैयारीमें लग गये ॥ २ ॥ सहस्रनेत्र लोकपाल

रानन्दितं बलम् ॥ २९ ॥ एवं तद्दानवं सैन्यं सर्वं युद्धबलोत्कटम् ॥ देवताभिमुखं तस्थौ मेघानीकमिवोत्थितम् ॥ ३० ॥ तदद्भुतं दैत्यसहस्रगाढं वाय्वग्नितोयाम्बुदशैलकल्पम् ॥ बलं रणौघाभ्युदयावकीर्णं युयुत्सयोन्मत्तमिवावभासे ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुतस्ते दैत्यसैन्यस्य विस्तरस्तात विग्रहे ॥ सुराणां सर्वसैन्यस्य विस्तरं वैष्णवं शृणु ॥ १ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा अश्विनौ च महाबलौ ॥ सबलाः सानुगाश्चैव संनह्यन्त यथाबलम् ॥ २ ॥ पुरुहूतस्तु पुरतो लोकपालः सहस्रदृक् ॥ ग्रामणीः सर्वदेवानामारुरोह सुरद्विपम् ॥ ३ ॥ सव्ये चास्य रथः पार्श्वे पक्षिप्रवरवेगवान् ॥ सुचारुचक्रचरणो हेमवज्रपरिष्कृतः ॥ ४ ॥ देवगन्धर्वयक्षौघैरनुयातः सहस्रशः ॥ दीप्तिमद्भिः सदस्यैश्च ब्रह्मर्षिभिरभिष्टुतः ॥ ५ ॥ वज्रविस्फूर्जितोद्धूतैर्विद्युदिन्द्रायुधान्वितैः ॥ गुप्तो बलाहकगणैः कामगैरिव पर्वतैः ॥ ६ ॥ समारूढः स भगवान्पर्येति मघवा गजम् ॥ हविर्धानेषु गायन्ति विप्राः सोममखे स्थिताः ॥ ७ ॥ स्वर्गे शक्रानुयानेषु देवतूर्यनिनादिषु ॥ इन्द्रं समुपनृत्यन्ति शतशो ह्यप्सरोगणाः ॥ ८ ॥ केतुना वंशजातेन राजमानो यथा रविः ॥ युक्तो हरिसहस्रेण मनोमारुतरंहसा ॥ ९ ॥ स स्यन्दनवरो भाति युक्तो मातलिना तदा ॥ कृत्स्नः परिवृतो मेरुर्भास्करस्येव तेजसा ॥ १० ॥ यमस्तु दण्डमुद्यम्य कालयुक्तं च मुद्गरम् ॥ तस्थौ सुरगणानीके दैत्यान्नादेन

देवराज इन्द्र सबसे पहले ऐरावत हाथीपर सवार हुए ॥ ३ ॥ उनकी बायीं ओर पक्षिराज गरुड़के समान वेगवान्, सुन्दर पहियोंयुक्त और सुवर्ण-हीरक आदिसे खचित एक रथ था ॥४॥ हजारों देवता, गन्धर्व और यक्ष उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। तेजस्वी शरीरवाले सदस्य तथा महर्षिगण उनकी स्तुति कर रहे थे ॥५॥ वज्रनिनाद, विद्युत् एवं इन्द्रायुधयुक्त स्वेच्छा-चारी पर्वतके समान देवसैनिक उनकी रक्षा कर रहे थे ॥ ६ ॥ जब वे अपने ऐरावत हाथीपर बैठकर चले तो सोमयागकी यज्ञवेदीपर बैठे ब्राह्मण उनका विजयगान गा रहे थे ॥ ७ ॥ उनकी यात्राके समय एक साथ देवताओंकी तुड़हियाँ बजने लगीं और सैंकड़ों अप्सरायें एक साथ नाचने लगीं ॥ ८ ॥ देवराज इन्द्र जिस रथपर सवार होकर चलते थे, उसमें मन तथा वायुके समान वेगसे चलनेवाले एक हजार घोड़े जुतते थे । उस रथपर गड़े हुए बाँसपर जो पताका फहराती थी, उसकी प्रभा सूर्यके समान देदीप्यमान रहती थी ॥ ९ ॥ उस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रथपर जब रथका चालक मातलि बैठ जाता था, तब ऐसा लगता था कि मानो सूर्यभगवानकी प्रभासे समस्त सुमेरु पर्वत देदीप्यमान हो उठा है ॥ १० ॥ यमराज अपना कालदण्ड तथा मुद्गर लेकर भीषण गर्जनासे असुरसेनाको दहलाते हुए देवसेनामें जा डटे ॥ ११ ॥ चार समुद्रों तथा लपलपाती जीभवाले सर्पोंसे सुरक्षित, शंख-मुक्तामय बिजायठ तथा जलमय वपु धारण किये, हाथमें कालपाश लेकर चन्द्रमाके समान श्वेत घोड़ों द्वारा वायुके थपेड़से उठी लहरोंके साथ सैकड़ों प्रकारके खेलवाड़ करते हुए, श्वेत वस्त्र पहने, प्रवाल सदृश लाल होंठयुक्त, नीलकान्त मणिके समान श्यामवर्ण तथा गलेसे उदरतक लटकनेवाला हार पहने पाशास्त्रधारी वरुणदेव मर्यादा भेदकर उफन पड़नेवाले समुद्रके समान युद्धकी अभिलाषासे देवसेनाके बीचमें जा खड़े हुए ॥ १२–१५ ॥ नीलकान्त मणिके समान श्याम शरीर, शंख-पद्मधारी, सभी निधियोंके मूर्तरूप, गदापाणि, राजराजेश्वर, विमानयोधी, नरवाहन तथा शिवसखा कुबेर यक्षों,

भीषयन् ॥ ११ ॥ चतुर्भिः सागरैर्गुप्तो लेलिहानैश्च पन्नगैः ॥ शङ्खमुक्ताङ्गदधरो बिभ्रत्तोयमयं वपुः ॥ १२ ॥ कालपाशं समाविध्य हयैः शशिकरो-
पमैः ॥ वाय्वीरितजलोद्गारैः कुर्वंल्लीलाः सहस्रशः ॥ १३ ॥ पाण्डुरोद्धूतवसनः प्रवालरुचिराङ्गदः ॥ मणिश्यामोत्तमवपुर्हारभारार्पितोदरः ॥ १४ ॥
वरुणः पाशभृन्मध्ये देवानीकस्य तस्थिवान् ॥ युद्धवेलामभिलषन्भिन्नवेल इवार्णवः ॥ १५ ॥ यक्षराक्षससैन्येन गुह्यकानां गणैरपि ॥ मणिश्यामो-
त्तमवपुः कुबेरो नरवाहनः ॥ १६ ॥ युक्तश्च शंखपद्माभ्यां निधीनामधिपः प्रभुः ॥ राजराजेश्वरः श्रीमान्गदापाणिरदृश्यत ॥ १७ ॥ विमानयोधी
धनदो विमाने पुष्पके स्थितः ॥ स राजराजः शुशुभे युद्धार्थी नरवाहनः ॥ प्रेक्ष्यमाणः शिवसखः साक्षादिव शिवः स्वयम् ॥ १८ ॥ पूर्वपक्षं
सहस्राक्षः पितृराजस्तु दक्षिणम् ॥ वरुणः पश्चिमं पक्षमुत्तरं नरवाहनः ॥ १९ ॥ चतुर्षु युक्ताश्चत्वारो लोकपाला बलोत्कटाः ॥ स्वासु
दिक्ष्वभ्यरक्षन्वै तस्य देवबलस्य ह ॥ २० ॥ सूर्यः सप्ताश्वयुक्तेन रथेनाम्बरगामिना ॥ श्रिया जाज्वल्यमानेन दीप्यमानैश्च रश्मिभिः ॥ २१ ॥
उदयास्तमयं चक्रे मेरुपर्यन्तगामिना ॥ त्रिदिवद्वारचक्रेण तपसा लोकमव्ययम् ॥ २२ ॥ सहस्ररश्मियुक्तेन भ्राजमानः स्वतेजसा ॥
चचार मध्ये देवानां द्वादशात्मा दिनेश्वरः ॥ २३ ॥ सोमः श्वेतहयैर्भाति स्यन्दने शीतरश्मिवान् ॥ हिमतोयप्रपूर्णाभिर्भाभिराह्लादयञ्जगत् ॥ २४ ॥
तमृक्षयोगानुगतं शिशिरांशुं द्विजेश्वरम् ॥ जगच्छायाङ्कितततनुं नैशस्य तमसः क्षयम् ॥२५॥ ज्योतिषामीश्वरं व्योम्नि रसानां रसनं प्रभुम् ॥ ओष-

राक्षसों और गुह्यकोंसे सुरक्षित होकर युद्धकी अभिलाषासे अपने पुष्पक विमानपर आरूढ होकर रणभूमिकी ओर चल पड़े। उस समय ऐसा लगा कि मानों स्वयं शंकरभगवान देवसेना-की ओर बढ़े आ रहे हैं ॥१६–१८॥ देवराज इन्द्र देवसेनाके पूर्वी भागमें, पितृपति यमराज दक्षिणी भागमें, जलाधिपति वरुण पश्चिमी भागमें और धनाधिपति कुबेर उत्तरी भागमें नियुक्त हुए। [इ]स प्रकार चारों दिशाओंमें चार दिक्पाल अपनी-अपनी निर्दिष्ट सेनाकी रक्षा करने लगे ॥ १९ ॥ २० ॥ द्वादशात्मा दिवाकर अपनी देदीप्यमान किरणोंसे जाज्वल्यमान उदयाचल तथा अस्ताचलमय चक्रसे युक्त, सुमेरुगामी, स्वर्गद्वारके सदृश सुन्दर, लोकप्रकाशक एवं सात घोड़ोंसे युक्त भव्य रथपर सवार होकर देवसेनामें विचरने लगे ॥ २१–२३ ॥ हिमजलसे परिपूर्ण प्रकाशसे समस्त विश्वको आह्लादित करते हुए श्वेत घोड़ोंवाले रथपर सवार चन्द्रमा अलग अपनी निखार दिखाने लगे ॥ २४ ॥ बहुतेरे नक्षत्रोंके साथ रहनेवाले निशाकालीन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्धकारको नष्ट करनेवाले, शीतकिरण, ब्राह्मणोंके अधिपति, धरतीकी छायासे युक्त, ज्योतिके ईश्वर, औषधियोंके रक्षक, अमृतके निधान, संसारके अन्नात्मक रसस्वरूप, हिमांशु और हिमशस्त्रधारी चन्द्रदेवको दानवोंने भी देखा ॥ २५–२७ ॥ जो जगत्‌के जीवनस्वरूप होकर सब जीवोंमें पाँच भागमें विभक्त होकर विद्यमान रहते हैं। जो सप्त आकाशांशस्वरूप होकर सभी सचराचर जीवोंको धारण करते हैं, जो वायुके नियामक हैं, सप्तस्वरमयी गीतिकी जिनसे उत्पत्ति हुई है, जिन्हें सर्वोत्तम तत्त्व कहा गया है, वे द्रुतगामी, सर्वजीवन तथा आकाशचारी वायुदेव मेघके साथ पूर्ण वेगसे आकर दैत्योंको व्यथित करने लगे ॥२८–३१॥ देवता, गन्धर्व और विद्याधरगण केंचुल छोड़े हुए सर्पके समान चमकती तलवारें म्यानसे निकालकर लड़ने लगे ॥ ३२ ॥ सभी बृहत्काय भुजंगराज रोषमय विष उगलते हुए देवताओंके बाणस्वरूप होकर मुँह बाये हुए आकाशमें मंडराने लगे ॥ ३३ ॥ बड़ी-बड़ी शिलायें तथा सैकड़ों शाखाओं-

धीनां परित्राणं निधानममृतस्य च ॥ २६ ॥ जगतः प्रथमं भागं सौम्यं शीतमयं रसम् ॥ ददृशुर्दानवाः सोमं हिमप्रहरणस्थितम् ॥ २७ ॥ यः
प्राणः सर्वभूतानां पञ्चधा भिद्यते नृषु ॥ सप्तस्कन्धगतो लोकांस्त्रीन्दधार चराचरान् ॥ २८ ॥ यमाहुरग्नेर्यन्तारं सर्वप्रभवमीश्वरम् ॥ सप्तस्वरगता
यस्य योनिर्गीतिरुदीर्यते ॥ २९ ॥ यं वदन्त्युत्तमं भूतं यं वदन्त्यशरीरिणम् ॥ यमाहुराकाशगमं शीघ्रगं शब्दयोनिजम् ॥ ३० ॥ स वायुः सर्व-
भूतायुरुद्धूतः स्वेन तेजसा ॥ ववौ प्रव्यथयन्दैत्यान्प्रतिलोमः सतोयदः ॥ ३१ ॥ मरुतो देवगन्धर्वा विद्याधरगणैः सह ॥ चिक्रीडुरसिभिः
शुभ्रैर्निर्मुक्तैरिव पन्नगैः ॥ ३२ ॥ सृजन्तः सर्पपतयस्तीव्रं रोषमयं विषम् ॥ शरभूताः सुरेन्द्राणां चेरुर्व्यात्तमुखा दिवि ॥ ३३ ॥ पर्वतास्तु
शिलाशृङ्गैः शतशाखैश्च पादपैः ॥ उपतस्थुः सुरगणान्प्रहर्तुं दानवं बलम् ॥३४॥ यः स देवो हृषीकेशः पद्मनाभस्त्रिविक्रमः ॥ कृष्णवर्त्मा युगान्ताभो
विश्वस्य जगतः प्रभुः ॥ ३५ ॥ समुद्रयोनिर्मधुहा हव्यभुक्क्रतुसत्कृतः ॥ भूरापो व्योम भूतात्मा समः शान्तिकरोऽरिहा ॥ ३६ ॥ जगद्योनि-
र्जगद्बीजो जगद्गुरुरुदारधीः ॥ सार्कममिमिवोद्यन्तमुद्यम्योत्तमतेजसम् ॥ ३७ ॥ अरिघ्नममरानीके चक्रं चक्रगदाधरः ॥ सपरीवेषमुद्यन्तं
सवितुर्मण्डलं यथा ॥ ३८ ॥ सव्येनालम्ब्य महतीं सर्वासुरविनाशिनीम् ॥ करेण कालीं वपुषा शत्रुकालप्रदां गदाम् ॥ शेषैर्भुजैः प्रदीप्तानि भुज-
गारिध्वजः प्रभुः ॥ ३९ ॥ दधारायुधजालानि शार्ङ्गादीनि महायशाः ॥ स कश्यपस्यात्मभवं द्विजं भुजगभोजनम् ॥ ४० ॥ पवनाधिकसंपातं

वाले वृक्षोंका शस्त्र लिये हुए पर्वतगण दैत्योंपर प्रहार करनेके लिए देवताओंके पास आ उपस्थित हुए ॥ ३४ ॥ जिन्हें लोग हृषीकेश, पद्मनाभ, त्रिविक्रम, प्रलयाग्नि, विश्व, जगत्‌के प्रभु, समुद्रयोनि, मधुदैत्यविनाशक, हव्यभोजी, यज्ञभाक् एवं पृथ्वी, जल, आकाश, आत्मा, शान्तिस्वरूप, शत्रुसूदन, शान्तिकर, उदारमति, संसारके बीज और जगत्‌के गुरु कहते हैं। जिनके हाथमें परिधिपरिवृत उदयोन्मुख सूर्यमण्डल तथा प्रज्वलित अग्निके समान अपने ही तेजसे प्रकाशमान शत्रुनाशक चक्र तथा बायें हाथमें शत्रुघातिनी कृष्णवर्णकी शक्ति धारण किये महायशस्वी गरुड़ध्वज भगवान विष्णुने अपने अन्य हाथोंमें तेजस्वी शार्ङ्ग धनुष आदि शस्त्र सम्हाला ॥ ३५–३९ ॥ वायुसे भी अधिक वेगवान्, आकाशमण्डलमें खलबली मचा देनेवाले, मुखमें सर्पराजको दबाये, महर्षि कश्यपके पुत्र, अमृत मथनेके बाद छुट्टी पाये हुए मन्दर पर्वतके समान उन्नत, देवासुरसंघर्षके समय सैकड़ों बार जिनका पराक्रम देखा जा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चुका था, जो अमृतका अपहरण करते समय देवराज इन्द्रके वज्रकी चोट खाये हुए थे, जो शिखा-केश और झलमलाते कुण्डल धारण किये हुए थे, अपने पंखरूपी विचित्र वस्त्र धारण किये रहनेके कारण जो धातुमान् पर्वत सदृश दिखायी दे रहे थे, जो आधे निगले तथा वक्षस्थलतक लटकनेवाले सर्पके चन्द्रमा सदृश उज्ज्वल शिरोरत्नसे विभूषित हो रहे थे, इन्द्रधनुषयुक्त प्रलयकालीन मेघ जैसे सारे आकाशको ढँक लेते हैं, वैसे ही जिनके दोनों पंखोंसे समस्त गगनमण्डल आच्छन्न हो गया था, जिनका भीषण शरीर नील-पीत एवं लोहित आदि विविध वर्णकी पताकाओंसे सुशोभित था, उन अरुणजीके लघुभ्राता स्वर्णसदृश देदीप्यमान पक्षिराज गरुड़रूपी वाहनपर विष्णुभगवान सवार हुए ॥ ४०—४७ ॥ तब सभी देवता तथा

गगनक्षोभणं खगम् ॥ भुजगेन्द्रेण वदने निविष्टेन विराजितम् ॥ ४१ ॥ अमृतारम्भनिर्मुक्तं मन्दराद्रिमिवोच्छ्रितम् ॥ देवासुरविमर्देषु शतशो दृष्टविक्रमम् ॥ ४२ ॥ महेन्द्रेणामृतस्यार्थे वज्रेण कृतलक्षणम् ॥ शिखिनं चूडिनं चैव तप्तकुण्डलभूषणम् ॥ विचित्रपक्षवसनं धातुमन्तमिवाचलम् ॥४३॥ स्फीतक्रोडावलम्बेन शीतांशुसमतेजसा ॥ भोगिभोगावसक्तेन मणिरत्नेन भास्वता ॥ ४४ ॥ पक्षाभ्यां चारुपत्राभ्यामावृत्य दिवि लीलया ॥ युगान्ते सेन्द्रचापाभ्यां तोयदाभ्यामिवाम्बरम् ॥ ४५ ॥ नीललोहितपीताभिः पताकाभिरलंकृतम् ॥ केतुवेषप्रतिच्छन्नं महाकायनिकेतनम् ॥ ४६ ॥ अरुणावरजं श्रीमानारुह्य समरे हरिः ॥ सुवर्णं स्वेन वपुषा सुपर्णं खेचरोत्तमम् ॥ ४७ ॥ तमन्वयुर्देवगणा मुनयश्च तपोधनाः ॥ गीर्भिः परममन्त्राभिस्तुष्टुवुश्च गदाधरम् ॥ ४८ ॥ तद्वैश्रवणसंश्लिष्टं वैवस्वतपुरःसरम् ॥ वारिराजपरिक्षिप्तं देवराजविराजितम् ॥ ४९ ॥ चन्द्रप्रभाभिर्विमलं युद्धाय समुपस्थितम् ॥ पवनाविद्धनिर्घोषं संप्रदीप्तहुताशनम् ॥ ५० ॥ विष्णोर्जिष्णोः सहिष्णोश्च भ्राजिष्णोस्तेजसाऽऽवृतम् ॥ बलं बलवदुद्धूतं युद्धाय समवर्तत ॥ ५१ ॥ स्वस्त्यस्तु देवेभ्य इति स्तुत्वा तत्राङ्गिराऽब्रवीत् ॥ स्वस्त्यस्तु दैत्येभ्य इति उशना वाक्यमाददे ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ताभ्यां बलाभ्यां संजज्ञे तुमुलो विग्रहस्तदा ॥ सुराणामसुराणां च परस्परजयैषिणाम् ॥ १ ॥ दानवा दैवतैः सार्द्धं नानाप्रहरणोद्यताः ॥ समीयुर्युध्यमाना वै पर्वताः पर्वतैरिव ॥ २ ॥ तत्सुरासुरसंयुक्तं युद्धमत्यद्भुतं बभौ ॥ धर्माधर्मसमायुक्तं दर्पेण विनयेन च

तपस्वी मुनिजन उत्तम मंत्रों द्वारा भगवानकी स्तुति करते हुए उनके पीछे-पीछे चले ॥ ४८ ॥ कुबेर, यम, इन्द्र, चन्द्र, वायु तथा वरुण आदि देवताओंसे सुशोभित वह रणोन्मत्त देवसेना विजयी सहिष्णु तथा तेजस्वी विष्णुभगवानके पराक्रमसे सुरक्षित होकर युद्धके लिए चल पड़ी ॥ ४९—५१ ॥ उस समय गुरु बृहस्पतिने देवताओंको और शुक्राचार्यने दैत्योंके पक्षको कल्याणप्राप्तिका आशीर्वाद दिया ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

(देवासुरसंग्रामका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर विजयाभिलाषिणी देवताओं और दैत्योंकी सेनायें भिड़ गयीं और परस्पर घोर युद्ध होने लगा ॥ १ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जैसे पर्वत पर्वतोंपर टूट पड़ें, उसी प्रकार दानवगण विविध तरहके शस्त्रास्त्र ले-लेकर देवताओंपर टूट पड़े ॥ २ ॥ जैसे धर्म-अधर्म तथा दर्प-विनयमें द्वन्द्व चलता है, वैसे ही देवताओं और दैत्योंके भिड़ जानेपर वह युद्ध बड़ा अद्भुत हो उठा ॥ ३ ॥ वेगसे दौड़ते हुए रथ, दौड़ाये हुए वाहन, तलवार लेकर उछलते हुए योद्धा, फेंके हुए मुसलों, धनुष द्वारा छूटे हुए बाणों, विस्फारित धनुषों और पात्यमान मुद्गरों द्वारा देवताओं और दैत्योंमें घमासान युद्ध होने लगा। यहाँ तक कि समस्त संसारमें प्रलयकाल जैसा भीषण आतंक छा गया। दानवगण परिघों तथा शिलाखण्डोंसे इन्द्रादि देवताओंपर प्रहार करने लगे ॥४–७॥ विजयोत्सुक एवं बलवान् दानवों द्वारा अत्यन्त पीड़ित देवतागण संग्रामभूमिमें विषण्णमुख होकर खड़े हो गये ॥ ८ ॥ दानवदलित देवताओंमें परिघप्रहारसे कितनोंके मस्तक फट गये और बहुतोंकी छाती फट गयी, जिससे रुधिरकी धारा बहने लगी ॥ ९ ॥ देवसेनाके सभी सैनिक दानवोंके बाणों तथा पाशजालोंमें फंसकर निश्चेष्ट हो गये। उस दानवी मायाके प्रभावसे किसी देवतामें हिलने-डुलने तककी शक्ति नहीं रह गयी ॥ १० ॥ वे सब मृतकके समान निश्चेष्ट भावसे खड़े रह गये। इस प्रकार दैत्योंने देवताओंका सब पराक्रम हर लिया और उनके अस्त्र-शस्त्र व्यर्थ कर दिये ॥ ११ ॥ ऐसी भीषण परिस्थितिमें सहस्रलोचन इन्द्र अपने वज्रास्त्र द्वारा दानवोंके पाश तथा बाणजालको काटकर दैत्योंकी सेनामें पिल पड़े ॥ १२ ॥ वहाँ पहुँचते ही सामने जो सेना पड़ी, उसे साफ करके उन्होंने अपने तामस अस्त्रसमूहसे भयानक अन्धकार फैलाकर एक साथ सारी सेनाको बेकार कर दिया ॥१३॥ इन्द्रप्रेरित गाढ़ अन्धकारके कारण इस बातका पता ही नहीं चलता था कि कौन देवसेना है और कौन दानवसेना ॥१४॥ इस प्रकार दानवी मायापाशसे मुक्त होकर देवता पूरे प्रयत्नके साथ दैत्योंका संहार करने लगे ॥१५॥ उस घोर अन्धकारके कारण काले-काले राक्षससैनिक भयभीत तथा अचेत होकर छिन्न-पंखवाले पर्वतोंके समान धरतीपर गिर गये ॥ १६ ॥ अत्यधिक भयभीत दानवसमूहके उस अन्धकारमें विलीन हो जानेपर सब ओर अन्धकार-ही अन्धकार दिखायी देने लगा

च ॥ ३ ॥ ततो रथैः प्रजविनैर्वाहनैश्च प्रचोदितैः ॥ उत्पतद्भिश्च गगनं सासिहस्तैः समन्ततः ॥ ४ ॥ विक्षिप्यमाणैर्मुशलैः संप्रेष्यद्भिश्च सायकैः ॥
चापैर्विस्फार्यमाणैश्च पात्यमानैश्च मुद्गरैः ॥ ५ ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं देवदानवसंकुलम् ॥ जगतस्त्रासजननं युगसंवर्त्तकोपमम् ॥ ६ ॥ स्वहस्तमुक्तैः
परिघैः क्षिप्यमाणैश्च पर्वतैः ॥ दानवाः समरे जघ्नुर्देवानिन्द्रपुरोगमान् ॥ ७ ॥ ते वध्यमाना बलिभिर्दानवैर्जितकाशिभिः ॥ विषण्णमनसो देवा
जग्मुरार्तिं परां मृधे ॥ ८ ॥ तेऽस्त्रजालैः प्रमथिताः परिघैर्भिन्नमस्तकाः ॥ भिन्नोरस्का दितिसुतैर्वेमू रक्तं व्रणैर्मुहुः ॥ ९ ॥ स्यन्दिताः पाशजालैश्च
निर्यत्नाश्च शरैः कृताः ॥ प्रविष्टा दानवीं मायां न शेकुस्ते विचेष्टितुम् ॥ १० ॥ संस्तम्भितमिवाभाति निष्प्राणसदृशाकृति ॥ बलं सुराणामसुरै-
र्निष्प्रयत्नायुधं कृतम् ॥ ११ ॥ मायापाशान्विकर्षंश्च भिन्दन्वज्रेण ताञ्शरान् ॥ शक्रो दैत्यबलं घोरं विवेश बहुलोचनः ॥ १२ ॥ स दैत्यान्प्र-
मुखे हत्वा तद्दानवबलं महत् ॥ तामसेनास्त्रजालेन तमोभूतमथाकरोत् ॥१३॥ तेऽन्योन्यं नावबुध्यन्त देवांस्तान्दानवानपि ॥ घोरेण तमसाविष्टाः
पुरुहूतस्य तेजसा ॥ १४ ॥ मायापाशैर्विमुक्ताश्च यत्नवन्तः सुरोत्तमाः ॥ वपूंषि दैत्यसंघानां तमोभूतान्यपातयन् ॥ १५ ॥ अपध्वस्ता विसंज्ञाश्च
तमसा नीलवर्चसः ॥ पेतुस्ते दानवगणाश्छिन्नपक्षा इवाचलाः ॥ १६ ॥ तद्घनीभूतदैत्यानामन्धकारमहार्णवम् ॥ प्रविष्टं बलमुत्त्रस्तं तमोभूतमि-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १७ ॥ प्रलयकाल उपस्थित होनेपर और्व अग्नि जिस लोकदहनी मायाकी सृष्टि करता है, मय दानवने भी इन्द्रकी तमोमयी मायाका अन्त करनेके लिए उसी मायाकी सृष्टि की ॥ १८ ॥ उस मायाके प्रभावसे सारा अन्धकार दूर हो गया और प्रकाशितदेह दैत्योंने तत्काल युद्धके लिए धावा बोल दिया ॥ १९ ॥ देवताओंने उस मायामयी आगसे झुलसकर ठंढक पानेके लिए चन्द्रमाकी शरण ली ॥ २० ॥ उस और्व अग्निसे देवता नितान्त निस्तेज और अत्यधिक सन्तप्त हो उठे और शरण पानेकी आशासे उन्होंने देवराजको सब हाल बताया ॥ २१ ॥ इस प्रकार दानवी मायाके प्रभावसे सारी देवसेना सन्तप्त हो उठी। देवराज इन्द्रके सब वृत्तान्त बतानेपर जलपति वरुणने कहा। वे बोले—हे इन्द्र! बहुत दिनों पहले और्व नामका एक ब्रह्मर्षि अति कठोर तपस्या करके ब्रह्माके समान गुणसम्पन्न हो गया ॥२२॥२३॥ उस कठोर तपस्याके प्रभावसे सूर्यकी प्रखर किरणोंके समान सारा संसार

वाबभौ ॥ १७ ॥ तदाऽसृजन्महामायां मयस्तां तामसीं दहन् ॥ युगान्ताग्निमिवात्युग्रां सृष्टामौर्वेण वह्निना ॥ १८ ॥ सा ददाह तमः सर्वं माया मयविकल्पिता ॥ दैत्याश्च दीप्तवपुषः सद्य उत्तस्थुराहवे ॥ १९ ॥ मायामौर्वीं समासाद्य दह्यमाना दिवौकसः ॥ भेजिरे चन्द्रविषयं शीतांशुसलिलेशयात् ॥ २० ॥ ते दह्यमाना ह्यौर्वेण तेजसा भ्रष्टतेजसः ॥ शशंसुर्वज्रिणो देवाः संतप्ताः शरणैषिणः ॥ २१ ॥ संतप्ते मायया सैन्ये दह्यमाने च दानवैः ॥ चोदितो देवराजेन वरुणो वाक्यमब्रवीत् ॥ २२ ॥ वरुण उवाच ॥ पुरा ब्रह्मर्षिजः शक्र तपस्तेपेऽतिदारुणम् ॥ ऊर्वो मुनिः स तेजस्वी सदृशो ब्रह्मणो गुणैः ॥ २३ ॥ तं तपन्तमिवादित्यं तपसा जगदव्ययम् ॥ उपतस्थुर्मुनिगणा देवा ब्रह्मर्षिभिः सह ॥ २४ ॥ रिण्यकशिपुश्चैव दानवो दानवेश्वरः ॥ ऋषिं विज्ञापयामास पुरा परमतेजसम् ॥२५॥ तमूचुर्ब्रह्म ऋषयो वचनं ब्रह्मसंमितम् ॥ ऋषिवंशेषु भगवञ्छिन्नमूलमिदं कुलम् ॥ २६ ॥ एकस्त्वमनपत्यश्च गोत्रं यन्नानुवर्त्तसे ॥ कौमारं व्रतमास्थाय क्लेशमेवानुवर्त्तसे ॥ २७ ॥ बहूनि विप्र गोत्राणि मुनीनां भावितात्मनाम् ॥ एकदेहानि तिष्ठन्ति विभक्तानि विना प्रजाः ॥ २८ ॥ कुलेषु छिन्नमूलेषु तेषु नो नास्ति कारणम् ॥ भवांस्तु तपसा श्रेष्ठः प्रजापतिसमद्युतिः ॥ २९ ॥ तत्प्रवर्त्तस्व वंशाय वर्द्धयात्मानमात्मना ॥ त्वमाधत्स्वोर्जितं तेजो द्वितीयां वै तनुं कुरु ॥ ३० ॥ स एवमुक्तो मुनिभिर्मुनिर्मनसि

सन्तप्त हो उठा। तब सभी मुनि, देवता और देवर्षि उस ब्रह्मर्षिके पास पहुँचे ॥ २४ ॥ इसके पहले ही दानवाधिपति हिरण्यकशिपुने उस तेजस्वी ब्रह्मर्षिके पास जाकर देवताओंके आनेका समाचार बता दिया था ॥ २५ ॥ उसके समीप जाकर उन ब्रह्मर्षियोंने कहा—भगवन्! ऋषिवंशमें आपका वंश समाप्त हो रहा है ॥ २६ ॥ आप अकेले हैं। आपके पुत्रादि सन्तति नहीं है और सन्ततिवृद्धिके लिए आप कोई चेष्टा भी नहीं कर रहे हैं। बाल्यकालसे ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके तपस्या करते हुए आप केवल आत्माको कष्ट दे रहे हैं ॥ २७ ॥ बहुतेरे ऐसे मुनि हैं कि जो सन्ततिहीन होकर अपने शरीरसे ही अपनी कुलपरम्परा समाप्त कर चुके हैं ॥ २८ ॥ सन्तानोत्पादन न करनेपर उनकी वंशवृद्धि किसी प्रकार संभव ही नहीं है। आप प्रधान तपस्वियोंमें गिने जाते हैं और प्रजापतिके समान आपमें तेज और सामर्थ्य है ॥२९॥ अतएव आप वंशविस्तारके लिए प्रयत्नशील होते हुए अपने तेजस्वी वीर्यसे अपने अनुरूप पुत्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उत्पन्न करिए ॥ ३० ॥ मुनियोंके वचन सुनकर महर्षि ऊर्व क्षुब्ध हो उठे । उन्होंने उन मुनियोंका तिरस्कार करते हुए कहा—॥ ३१ ॥ हे मुनिगण ! पूर्वकालमें कमलयोनि भगवान ब्रह्माने मुनियोंके लिए वन्य वृत्तिको ही सनातन धर्म बताया था । वनके फल-मूल खाते हुए ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करना ही ऋषियोंका प्रधान कर्तव्य कहा गया है ॥३२॥ ब्राह्मणकुलमें जन्म पाकर ब्राह्मणवृत्तिका अवलम्बन करके ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करनेवाला मुनि ब्रह्माको भी विचलित कर सकता है ॥३३॥ गृहस्थाश्रमी ब्राह्मणोंके लिए यजन (यज्ञ करना), अध्ययन और प्रतिग्रह (दानग्रहण) ये तीन वृत्तियें विहित हैं । किन्तु हम वनवासियोंके लिए तो वन्यवृत्ति ही श्रेयस्कर है ॥३४॥ जो अम्बुभक्ष (केवल जल पीनेवाले), वायुभक्ष, दन्तोलूखलिक (भूसी समेत धान आदि अन्नोंको दाँतोंसे चबाकर खानेवाले), अश्मकुट्ट (दाँत न रहनेपर पत्थरसे कूँचकर अन्न खानेवाले), दशनप (दाँतोंके सहारे कुछ खा लेनेवाले), पञ्चातपतपा (चार अग्नियों तथा सूर्यके समक्ष बैठकर तप करनेवाले) मुनि कठोर तप करते हुए अत्युत्कृष्ट गति प्राप्त करना चाहते हैं ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ब्रह्मज्ञानी मुनियोंका कथन है कि ब्रह्मचर्यसे

ताडितः ॥ जगर्हे तानृषिगणान्वचनं चेदमब्रवीत् ॥३१॥ यथाऽयं शाश्वतो धर्मो मुनीनां विहितः पुरा ॥ सदाऽऽर्षं सेवतां कर्म वन्यमूलफलाशिनाम् ॥ ३२ ॥ ब्रह्मयोनौ प्रसूतस्य ब्राह्मणस्यानुवर्त्तिनः ॥ ब्रह्मचर्यं सुचरितं ब्रह्माणमपि चालयेत् ॥ ३३ ॥ द्विजानां वृत्तयस्तिस्रो ये गृहाश्रमवासिनः ॥ अस्माकं तु वनं वृत्तिर्वनाश्रमनिवासिनाम् ॥ ३४ ॥ अम्बुभक्षा वायुभक्षा दन्तोलूखलिकास्तथा ॥ अश्मकुट्टा दशनपाः पञ्चातपतपाश्च ये ॥ ३५ ॥ एते तपसि तिष्ठन्तो व्रतैरपि सुदुष्करैः ॥ ब्रह्मचर्यं पुरस्कृत्य प्रार्थयन्ते परां गतिम् ॥ ३६ ॥ ब्रह्मचर्याद्ब्राह्मणस्य ब्राह्मणत्वं विधीयते ॥ एवमाहुः परे लोके ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥३७॥ ब्रह्मचर्ये स्थितं धैर्यं ब्रह्मचर्ये स्थितं तपः ॥ ये स्थिता ब्रह्मचर्येषु ब्राह्मणास्ते दिवि स्थिताः ॥३८॥ नास्ति योगं विना सिद्धिर्नास्ति सिद्धिं विना यशः ॥ नास्ति लोके यशोमूलं ब्रह्मचर्यात्परं तपः ॥ ३९ ॥ तन्निगृह्येन्द्रियग्रामं भूतग्रामं च पञ्चमम् ॥ ब्रह्मचर्येण वर्तेत किमतः परमं तपः ॥४०॥ अयोगे केशहरणमसंकल्पे व्रतक्रिया ॥ अब्रह्मचर्ये चर्या च त्रयं स्याद्दम्भसंज्ञितम् ॥४१॥ क्व दाराः क्व च संयोगः क्व च भावविपर्ययः ॥ यदेयं ब्रह्मणा सृष्टा मनसा मानसी प्रजा ॥४२॥ यद्यस्ति तपसो वीर्यं युष्माकमसितात्मनाम् ॥ सृजध्वं मानसान्पुत्रान्प्राजापत्येन कर्मणा ॥४३॥ मनसा निर्मिता योनिराधातव्या तपस्विना ॥ न दारयोगं बीजं वा व्रतमुक्तं तपस्विनाम् ॥ ४४ ॥ यदिदं लुप्तधर्मार्थं

ब्राह्मणोंको ब्राह्मणत्व लाभ होता है ॥३७॥ ब्रह्मचर्यमें ही धैर्य और ब्रह्मचर्यमें ही तपका निवास रहता है । अतएव ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करनेवाले लोग स्वर्गमें निवास करते हैं ॥३८॥ योगके बिना सिद्धि नहीं मिलती और सिद्धिके बिना यश नहीं मिलता । ब्रह्मचर्यसे बढ़कर संसारमें और कोई तप नहीं है ॥ ३९ ॥ इसलिए सभी इन्द्रियों तथा पञ्चभूतोंका निग्रह करके ब्रह्मचर्यव्रतका अवलम्बन करनेसे बढ़कर और कौन-सी तपस्या हो सकती है ? ॥४०॥ बिना योग प्राप्त किये केश मुड़ाकर संन्यासी होना, बिना संकल्पका व्रत और ब्रह्मचारीका कर्तव्य समझे बिना ब्रह्मचर्यव्रत धारण, ये तीनों कार्य केवल अहंकारप्रदर्शनके साधन होते हैं ॥ ४१ ॥ जिस समय ब्रह्माजीने मानसी प्रजाकी सृष्टि की थी, उस समय स्त्री, स्त्रीसंयोग और कामादि चित्तविकार कहां थे ? ॥४२॥ अतएव यदि आप महानुभावोंमें तपस्याका प्रभाव हो तो ब्रह्माजीके समान मानस पुत्रकी सृष्टि करिए ॥ ४३ ॥ तपस्वीको चाहिए कि मानसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

योनिका निर्माण करके वह उसीमें गर्भाधान करे। स्त्रीसहवास करके गर्भाधान करना तपस्वियोंका काम नहीं है ॥ ४४ ॥ यद्यपि धर्म लुप्त हो जानेके भयसे आपलोग आग्रहपूर्वक सज्जनोंके समान मुझे उपदेश दे रहे हैं। फिर भी आपका उपदेश मुझे तो अनुचित ही जँचता है ॥ ४५ ॥ मैं अभी संकल्पमात्रसे योनि निर्माण करके बिना स्त्रीसहवासके ही अपने शरीरसे तेजस्वी पुत्र उत्पन्न कर रहा हूँ ॥ ४६ ॥ इस वन्यवृत्ति द्वारा मेरी आत्मा ही एक ऐसा तेजस्वी पुत्र उत्पन्न करेगी, जो सर्वस्व भस्म कर देनेकी क्षमतासे सम्पन्न होगा ॥४७॥ ऐसा कहकर महर्षि ऊर्व अपने ऊरुप्रदेशको अग्निमें रखकर एक कुशके द्वारा पुत्रप्रसविनी अरणीका मन्थन करने लगे ॥ ४८ ॥ इस प्रकार अरणिमन्थन करनेपर सहसा उनके ऊरुप्रदेशको फाड़कर धधकती ज्वालाओंयुक्त इन्धनहीन अग्नि उत्पन्न हुआ और वह उत्पन्न होते ही तीनों लोक भस्म करनेके लिए उद्यत हो गया ॥ ४९ ॥ ५० ॥ वह और्व नामका अनल उत्पन्न होते ही

युष्माभिरिह निर्भयैः ॥ व्याहृतं सद्भिरित्यर्थमसद्भिरिव मे मतिः ॥४५॥ वपुर्दीप्तान्तरात्मानमेष कृत्वा मनोमयम् ॥ दारयोगं विना स्रक्ष्ये पुत्रमात्मतनूरुहम् ॥ ४६ ॥ एवमात्मानमात्मा मे द्वितीयं जनयिष्यति ॥ वन्येनानेन विधिना दिधक्षन्तमिव प्रजाः ॥ ४७ ॥ ऊर्वस्तु तपसाविष्टो निवेश्योरुं हुताशने ॥ ममन्थैकेन दर्भेण पुत्रस्य प्रभवारणिम् ॥ ४८ ॥ तस्योरुं सहसा भित्त्वा ज्वालामाली निरिन्धनः ॥ जगतो निधनाकांक्षी पुत्रोऽग्निः समपद्यत ॥ ४९ ॥ ऊर्वस्योरुं विनिर्भिद्य और्वो नामान्तकोऽनलः ॥ दिधक्षन्निव लोकांस्त्रीञ्जज्ञे परमकोपनः ॥ ५० ॥ उत्पन्नमात्रश्चोवाच पितरं दीनया गिरा ॥ क्षुधा मां बाधते तात जगद्भक्षे त्यजस्व माम् ॥ ५१ ॥ त्रिदिवारोहिभिर्ज्वालैर्जृम्भमाणो दिशो दश ॥ निर्दहन्निव भूतानि ववृधे सोऽन्तकोऽनलः ॥ ५२ ॥ एतस्मिन्नन्तरे ब्रह्मा सर्वलोकपतिः प्रभुः ॥ आजगाम मुनिर्यत्र व्यसृजत्पुत्रमुत्तमम् ॥ ५३ ॥ स ददर्शोरुमूर्वस्य दीप्यमानं सुताग्निना ॥ और्वकोपाग्निसंतप्ताँल्लोकांश्च ऋषिभिः सह ॥ ५४ ॥ तमुवाच ततो ब्रह्मा मुनिमूर्वं सभाजयन् ॥ धार्यतां पुत्रजं तेजो लोकानां हितकाम्यया ॥ ५५ ॥ अस्यापत्यस्य ते विप्र करिष्ये साह्यमुत्तमम् ॥ वासं चास्य प्रदास्यामि प्राशनं चामृतोपमम् ॥ ५६ ॥ तथ्यमेतन्मम वचः शृणु त्वं वदतां वर ॥ ऊर्व उवाच ॥ धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मि यन्मेऽद्य भगवाञ्छिशोः ॥ मतिमेतां ददातीह परमानुग्रहाय वै ॥५७॥ प्रभा-

उद्धत वाणीमें अपने पितासे बोला—तात! मुझे बड़ी भूख लगी है। अनुमति दीजिए तो मैं सारे संसारको खा लूँ ॥ ५१ ॥ यमराजके समान भयंकर वह अग्नि अपनी लपटों द्वारा आकाश तक फैल गया और दसों दिशाओंको उद्दीपित करके सभी जीवोंको सन्तप्त करता हुआ बढ़ने लगा ॥ ५२ ॥ उसी समय सब लोकोंके अधिपति ब्रह्माजी वहाँ आ गये, जहाँ कि उस अग्निकी उत्पत्ति हुई थी ॥ ५३ ॥ उन्होंने देखा कि उस पुत्ररूपी अग्निसे महर्षि ऊर्वका ऊरुप्रदेश जला जा रहा है और उस और्वके कोपानलसे समस्त ऋषिगण तथा तीनों लोक सन्तप्त हो उठे हैं ॥५४॥ तब ब्रह्माजीने महर्षि ऊर्वका सम्मान करते हुए कहा—मुनिवर! आप त्रिलोकीपर दया करके इस पुत्रजनित तेजका संवरण करिए ॥५५॥ आपके पुत्रकी सहायता करता हुआ मैं इसे उत्तम भोजन तथा उत्कृष्ट आवासस्थान दूँगा। हे महर्षि! मेरा वचन सत्य मानिए। ऊर्व बोले—भगवन्! मेरे शिशुपर आपने जो कृपा की है, उससे मैं अपनेको धन्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और कृतार्थ मानता हूँ ॥५६॥५७॥ अब कृपया यह बताइए कि युवास्थामें यह पुत्र किस हवनीय द्रव्यसे तृप्त होगा ? यह कहाँ रहेगा और इसके अनुरूप भोज्य वस्तु कौन-सी होगी ? ॥ ५८ ॥ ब्रह्माजी बोले—हे मुनिवर ! वडवा (घोड़ी) जैसी मुखाकृतिका समुद्रमुख इस पुत्रका निवासस्थान होगा । मैं जलमय हवि भोजन करता हुआ नित्य वहाँ रहता हूँ । अतएव तुम्हारे पुत्रके लिए भी वही निवासभूमि और जलरूपी हवि ही इसका भोजन होगा ॥ ५९–६१ ॥ जब प्रलयकाल उपस्थित होगा, तब मैं और आपका पुत्र दोनों मिलकर समस्त विश्वको उदरस्थ कर लेंगे ॥ ६२ ॥ मैंने आपके इस जलभोजी पुत्रको कालान्तक अनलकी संज्ञा दी है । यह सभी देवताओं, असुरों और राक्षसोंको भस्म करनेमें समर्थ होगा ॥ ६३ ॥ ब्रह्माजीके वचन सुनकर और्व अनलने 'स्वस्ति' कहकर अपनी लपटोंको समेट लिया और अपना यशोरूपी तन पितामें निहित करके वह समुद्रके वडवामुखमें प्रविष्ट हो गया ॥ ६४ ॥ इसके बाद

वकाले संप्राप्ते कांक्षितव्ये समागमे ॥ भगवंस्तर्पितः पुत्रः कैर्हव्यैः प्राप्स्यते सुखम् ॥ ५८ ॥ कुत्र चास्य निवासो वै भोजनं च किमात्मकम् ॥ विधास्यति भवानस्य वीर्यतुल्यं महौजसः ॥ ५९ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ वडवामुखेऽस्य वसतिः समुद्रास्ये भविष्यति ॥ मम योनिर्जलं विप्र तच्च तोयमयं वपुः ॥ ६० ॥ तद्धविस्तव पुत्रस्य विसृजाम्यालयं तु तत् ॥ तत्रायमास्तां नियतः पिबन्वारिमयं हविः ॥ ६१ ॥ ततो युगान्ते भूतानामेष चाहं च सुव्रत ॥ सहितौ विचरिष्यावो लोकानिति पुनः पुनः ॥६२॥ एषोऽग्निरन्तकाले तु सलिलाशी मया कृतः ॥ दहनः सर्वभूतानां सदेवासुररक्षसाम् ॥ ६३ ॥ एवमस्त्विति सोऽप्यग्निः संवृतज्वालमण्डलः ॥ प्रविवेशार्णवमुखं निक्षिप्य पितरि प्रभाम् ॥ ६४ ॥ प्रतियातास्ततो ब्रह्मा ते च सर्वे महर्षयः ॥ और्वस्याग्नेः प्रभावज्ञाः स्वां स्वां गतिमुपाश्रिताः ॥ ६५ ॥ हिरण्यकशिपुर्दृष्ट्वा तदद्भुतमपूजयत् ॥ ऊर्वं प्रणतसर्वाङ्गो वाक्यं चेदमुवाच ह ॥ ६६ ॥ भगवन्नद्भुतमिदं निवृत्तं लोकसाक्षिकम् ॥ तपसा ते मुनिश्रेष्ठ परितुष्टः पितामहः ॥ ६७ ॥ अहं तु तव पुत्रस्य तव चैव महाव्रत ॥ भृत्य इत्यवगन्तव्यः श्लाघ्योऽस्मि यदि कर्मणा ॥ ६८ ॥ तन्मां पश्य समापन्नं तवैवाराधने रतम् ॥ यदि सीदे मुनिश्रेष्ठ तवैव स्यात्पराजयः ॥ ६९ ॥ ऊर्व उवाच ॥ धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मि यस्य तेऽहं गुरुर्मतः ॥ नास्ति ते तपसाऽनेन भयमद्येह सुव्रत ॥ ७० ॥ इमां च मायां गृह्णीष्व मम पुत्रेण निर्मिताम् ॥ निरिन्धनामग्निमयीं दुःस्पर्शां पावकैरपि ॥७१॥ एषा ते स्वस्य वंशस्य वशगाऽरिविनिग्रहे ॥ रक्षिष्यत्यात्मपक्षं च परांश्च प्रहरिष्यति

ब्रह्मा तथा ऋषिगण और्व अनलके प्रभावसे अभिज्ञ होकर अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ ६५ ॥ यह अद्भुत घटना घटित होते देख हिरण्यकशिपुने महर्षि ऊर्वको साष्टाङ्ग प्रणाम करके कहा—भगवन् ! आपकी तपस्याके प्रभावसे लोकसाक्षीस्वरूप यह अद्भुत कार्य सम्पन्न हो गया और लोकपितामह ब्रह्मा भी प्रसन्न हो गये ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ अब यदि आप और आपके पुत्र दोनों अपना सेवक समझकर मुझपर दया करें तो मैं कृतार्थ हो जाऊँ ॥ ६८ ॥ हे महानुभाव ! आपका सेवक तथा अनुरक्त भक्त होकर भी यदि मैं दुःखमें रहूँ तो आपकी ही हार होगी ॥ ६९ ॥ महर्षि ऊर्व बोले—हे दानवेश्वर ! तुमने मुझे गुरु मान लिया है । अतएव मैं भी अपनेको धन्य और अनुगृहीत मानता हूँ । मेरी कृपासे तुम्हें अब कोई भय नहीं रहेगा ॥ ७० ॥ इन्धनहीन अग्निस्वरूपा मेरी मायाको ग्रहण करो । अग्नि भी इस मायाका स्पर्श नहीं कर सकेगा ॥ ७१ ॥ यह माया तुम्हारे वंशकी वशवर्तिनी होकर स्वपक्षकी रक्षा और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परपक्षका नाश करेगी ॥ ७२ ॥ तदनन्तर 'एवमस्तु' कहकर दानवाधिपति हिरण्यकशिपुने महर्षि ऊर्वको प्रणाम किया और उस मायाको लेकर बड़ी प्रसन्नताके साथ स्वर्गलोकको चला गया ॥ ७३ ॥ वरुणदेव बोले—हे देवराज इन्द्र ! पूर्वकालमें ऊर्वपुत्र अग्निने जिस दुर्विषह मायाकी सृष्टि की थी, यह वही देवदुर्लभ माया है ॥ ७४ ॥ इस मायाकी सृष्टि करनेवाले और्व अनलने कह दिया था कि यह माया जीवन-पर्यन्त हिरण्यकशिपुके पास रहेगी और इसका प्रभाव अक्षुण्ण रहेगा ॥ ७५ ॥ यदि इस मायाका विनाश करके सबको सुखी करना चाहते हों तो जलसे उत्पन्न चन्द्रमाको आप मेरे साथ कर दीजिए ॥ ७६ ॥ तब चन्द्रदेव तथा सभी जलजन्तुओंको अपने साथ लेकर आपकी कृपासे मैं इस मायाका विनाश कर दूँगा । इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ७७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४५ ॥

॥ ७२ ॥ एवमस्त्विति तां गृह्य प्रणम्य मुनिपुङ्गवम् ॥ जगाम त्रिदिवं हृष्टः कृतार्थो दानवेश्वरः ॥ ७३ ॥ वरुण उवाच ॥ सैषा दुर्विषहा माया देवैरपि दुरासदा ॥ और्वेण निर्मिता पूर्वं पावकेनोर्वसूनुना ॥ ७४ ॥ तस्मिंस्तु व्युत्थिते दैत्ये निर्वीर्यैषा न संशयः ॥ शापो ह्यस्याः पुरा दत्तः सृष्टा येनैव तेजसा ॥७५॥ यद्येषा प्रतिहन्तव्या कर्त्तव्यो भगवान्सुखी ॥ दीयतां मे सखा शक्र तोययोनिर्निशाकरः ॥७६॥ तेनाहं सह संगम्य यादोभिश्च समावृतः ॥ मायामेतां हनिष्यामि त्वत्प्रसादान्न संशयः ॥७७॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे और्वाग्निसंभवो नाम पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥४५॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवमस्त्विति संहृष्टः शक्रस्त्रिदशवर्द्धनः ॥ संदिदेशाग्रतः सोमं युद्धाय शिशिरायुधम् ॥१॥ शक्र उवाच ॥ गच्छ सोम सहायत्वं कुरु पाशधरस्य वै ॥ असुराणां विनाशाय जयाय च दिवौकसाम् ॥ २ ॥ त्वमप्रतिमवीर्यश्च ज्योतिषां चेश्वरेश्वरः ॥ त्वन्मयं सर्वलोकानां रसं रसविदो विदुः ॥ ३ ॥ क्षयवृद्धी तवाव्यक्ते सागरस्येव मण्डले ॥ परिवर्त्तस्यहोरात्रं कालं जगति योजयन् ॥ ४ ॥ लोकच्छायामयं लक्ष्म तवांके शशसंज्ञितम् ॥ न विदुः सोम देवास्त्वां ये च नक्षत्रयोगिनः ॥५॥ त्वमादित्यपथादूर्ध्वं ज्योतिषां चोपरि स्थितः ॥ तमश्चोत्सार्य वपुषा भासयस्यखिलं जगत् ॥ ६ ॥ श्वेतभानुर्हिमतनुर्ज्योतिषामधिपः शशी ॥ अब्दकृत्कालयोगात्मा इज्यो यज्ञरसोऽव्ययः ॥ ७ ॥ ओषधीशः क्रियायोनिरम्भोयोनि-

(देवताओंका दैत्योंको विकल करना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवताओंका आनन्द बढ़ानेवाले देवराज इन्द्र वरुणकी बात मानकर शिशिरायुध चन्द्रमाको सम्बोधित करके बोले ॥ १ ॥ इन्द्रने कहा—हे सोम ! तुम युद्धमें असुरोंके विनाश तथा देवताओंकी विजयके लिए वरुणदेवकी सहायता करो ॥ २ ॥ क्योंकि तुम असाधारण बलवान् तथा प्रकाश देनेवालोंके प्रभु हो । रसज्ञ लोग तुम्हें सब जीवोंका रस कहते हैं ॥३॥ समुद्रके समान तुम्हारा ह्रास और तुम्हारी वृद्धि अव्यक्त रहती है । तुम संसारमें दिन और रात्रिका निर्माण करके अपने मण्डलमें भ्रमण करते रहते हो ॥ ४ ॥ तुम्हारी गोदमें पृथ्वीछायामय जो शशचिह्न बना हुआ है, उसका भेद देवता, नक्षत्र तथा योगियोंमेंसे कोई भी नहीं जान सका ॥ ५ ॥ तुम सूर्यपथ तथा ज्योतिश्चक्रके भी ऊपर रहते हुए अपने शरीरसे अन्धकारराशि दूर करके संसारको प्रकाश देते हो ॥ ६ ॥ तुम श्वेतभानु हो । तुम हिमज्योति हो । तुम नक्षत्रोंके अधिपधि हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और तुम्हारे द्वारा ही संवत् चलता है। तुम्हीं कालयोगात्मा, यज्ञ, यज्ञरस, औषधिपति, छन्दोयोनि, शीतल, शीतांशु, अमृताधार, चपल, श्वेतवाहन, रूपवानोंके रूप, सोमरस पान करने-वालोंके सोमरस और संसारवालोंके लिए सौम्य स्वरूप हो। तुम अन्धकारनाशक तथा नक्षत्रराज भी हो ॥७–९॥ अतएव तुम सेनानायक वरुणके साथ जाओ। जिससे कि हम शीघ्र इस आसुरी मायासे छुटकारा पा सकें, जो हमें अपने प्रभावसे जला रही है ॥ १० ॥ चन्द्रमा बोले—हे देवराज ! हे जगत्पते ! मैं शीघ्र रणस्थलीमें जाकर हिमवर्षा करता हूँ। जिससे आपके समक्ष इस मायाका नाश हो जायगा। आप अभी देखेंगे कि सब दैत्य बर्फसे ढँक गये हैं और उनकी माया तथा उनका गर्व चूर हो गया है ॥११॥१२॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इसके बाद चन्द्रदेवने हिमवर्षा आरम्भ की। उस हिमवर्षाने मेघकी तरह उन दुर्दान्त दैत्योंको ढाँक लिया ॥ १३ ॥ इस प्रकार पाशधारी वरुण और हिमवर्षक चन्द्रमा दोनोंने

रनुष्णभाक् ॥ शीतांशुरमृताधारश्चपलः श्वेतवाहनः ॥ ८ ॥ त्वं कान्तिः कान्तवपुषां त्वं सोमः सोमवृत्तिनाम् ॥ सौम्यस्त्वं सर्वभूतानां तिमिरघ्नस्त्वमृक्षराट् ॥ ९ ॥ तद्गच्छ त्वं सहानेन वरुणेन वरूथिना ॥ शमयस्वासुरीं मायां यया दह्याम संगरे ॥ १० ॥ सोम उवाच ॥ यन्मां वदसि युद्धार्थे देवराज जगत्पते ॥ एव वर्षामि शिशिरं दैत्यमायापकर्षणम् ॥ ११ ॥ एतान्मच्छीतनिर्दग्धान्पश्य त्वं हिमवेष्टितान् ॥ विमायान्विमदांश्चैव दानवांस्त्वं महामृधे ॥ १२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततो हिमकरोत्सृष्टाः सबाष्पा हिमवृष्टयः ॥ वेष्टयन्ति स्म तान्घोरान्दै-त्यान्मेघगणा इव ॥१३॥ तौ पाशशुक्लांशुधरौ वरुणेन्दू महारणे ॥ जघ्नतुर्हिमपातैश्च पाशघातैश्च दानवान् ॥१४॥ द्वावम्बुनाथौ समरे तौ पाशहिम-योधिनौ ॥ मृधे चेरतुरम्भोभिः क्षुब्धाविव महार्णवौ ॥ १५ ॥ ताभ्यामाप्लावितं सैन्यं तद्दानवमदृश्यत ॥ जगत्संवर्त्तकाम्भोदैः प्रवृष्टैरिव संवृतम् ॥ १६ ॥ तावुद्यतांशुपाशौ द्वौ शशांकवरुणौ रणे ॥ शमयामासतुर्मायां देवौ दैतेयनिर्मिताम् ॥१७॥ शीतांशुजलनिर्दग्धाः पाशैश्च ग्रसिता रणे ॥ न शेकुश्चलितुं दैत्या विशिरस्का इवाद्रयः ॥१८॥ शीतांशुनिहतास्ते तु पेतुर्दैत्या हिमार्दिताः ॥ हिमप्रावृतसर्वाङ्गा निरूष्माण इवाग्नयः ॥१९॥ तेषां तु दिवि दैत्यानां विपरीतप्रभाणि च ॥ विमानानि विचित्राणि निपतन्त्युत्पतन्ति च ॥ २० ॥ तान्पाशहस्तग्रथिताञ्छादितान्हिमरश्मिना ॥ मयो ददर्श मायां वै दानवान्दिवि दानवः ॥ २१ ॥ स शिलाजालविततां गण्डशैलाट्टहासिनीम् ॥ पादपोत्कटकूटाग्रां कन्दराकीर्णकाननाम्

अपने-अपने शस्त्रोंका प्रहार करते हुए समरभूमिमें क्षुब्ध महासमुद्रके सदृश विचरने लगे ॥१४॥१५॥ जैसे संवर्तक मेघकी जलवर्षासे सारा संसार बह जाता है, उसी प्रकार उन दोनोंकी अस्त्र-वर्षासे समस्त दानवी सेना प्लावित हो गयी ॥ १६ ॥ इस तरह वरुण और चन्द्रमाने पाश तथा हिमशस्त्रकी सहायतासे दानवी मायाका नाश कर दिया ॥ १७ ॥ ऐसी परिस्थितिमें दैत्य लोग उन दोनोंके शस्त्रोंसे अकड़कर छिन्नमस्तक पर्वतके समान गति-शक्तिहीन होकर चुपचाप खड़े हो गये ॥१८॥ चन्द्रमाके हिमपातसे उनके शरीर जड़ होकर बुझे अंगारोंके समान धरतीपर गिर गये ॥१९॥ उस समय दैत्योंके सभी विमान निष्प्रभ होकर विचित्र ढंगसे गिरने और उड़ने लगे ॥ २० ॥ तदनन्तर दानवराज मयने जब दैत्योंको वरुणके पाशमें बँधे और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चन्द्रमाकी हिमवर्षासे ढँके हुए देखा तो उसने अपने पुत्र क्रौञ्च द्वारा निर्मित मायामय पर्वतास्त्र छोड़ा। उस मायापर्वतपर शिलासमूह, विकराल घाटियाँ तथा झुण्डके झुण्ड सिंह-व्याघ्र विद्यमान थे। उस पर्वतका अग्रभाग वृक्षों तथा कन्दराओं युक्त वनोंसे व्याप्त था। वायुके झोंकेसे वृक्ष झूम रहे थे ॥ २१–२४ ॥ दानवराज मयके उस मायाका प्रयोग करते ही पर्वतपरसे बड़ी घड़घड़ाहटके साथ बड़े-बड़े शिलाखण्डों तथा वृक्षोंकी वर्षा होने लगी। अतः देवसेनासे निपीडित दैत्यसेना पुनरुज्जीवित होने लगी ॥२५॥ उसके ऐसा करते ही चन्द्रमा तथा वरुणकी माया एकदम समाप्त हो गयी और लौहकी तरह सुदृढ़ शिलाखण्डकी वर्षासे सारी देवसेना ढँक गयी ॥ २६ ॥ जैसे पर्वतीय भूमि दुर्गम होती है, उसी तरह पर्वतशिलाओं तथा बड़ी-बड़ी चट्टानोंसे भरी वह रणभूमि दुर्गम हो गयी ॥ २७ ॥ समरभूमिमें उपस्थित देवताओंमें कुछ देवता शिलाखण्डोंसे और कुछ चट्टानोंकी चपेटमें पड़कर चूर हो गये। उनमेंसे एक भी देवता

॥ २२ ॥ सिंहव्याघ्रगजाकीर्णां नदन्तीमिव यूथपैः ॥ ईहामृगगणाकीर्णां पवनाघूर्णितद्रुमाम् ॥ २३ ॥ निर्मितां स्वेन पुत्रेण क्रौञ्चेन दिवि
कामगाम् ॥ प्रसृतां पार्वतीं मायां ससृजे दानवोत्तमः ॥ २४ ॥ साश्मशब्दैः शिलावर्षैः संपतद्भिश्च पादपैः ॥ निजघ्ने देवसंघांस्तान्दानवांश्चाप्य-
जीवयत् ॥ २५॥ नैशाकरी वारुणी च मायेऽन्तर्दधतुस्ततः ॥ अश्मभिश्चायसघनैः किरन्देवगणान्रणे ॥२६॥ साश्मसंघातविषमा द्रुमपर्वतसंकटा ॥
अभवद्घोरसंचारा पृथिवी पर्वतैरिव ॥ २७ ॥ नानाहतोऽश्मभिः कश्चिच्छिलाभिश्चाथ ताडितः ॥ नानिरुद्धो द्रुमगणैर्देवोऽदृश्यत संयुगे ॥ २८ ॥
तदपभ्रष्टधनुषं भग्नप्रहरणाविलम् ॥ निष्प्रयत्नं सुरानीकं वर्ज्जयित्वा गदाधरम् ॥ २९ ॥ स हि युद्धगतः श्रीमानीशो न स्म व्यकम्पत ॥ सहिष्णु-
त्वाज्जगत्स्वामी न चुक्रोध गदाधरः ॥ ३० ॥ कालज्ञः कालमेघाभः समैक्षत्कालमाहवे ॥ देवासुरविमर्दं स द्रष्टुकामो जनार्दनः ॥ ३१ ॥ ततो
भगवताऽऽदिष्टौ रणे पावकमारुतौ ॥ शमनार्थं प्रवृद्धाया मायाया मयसृष्टया ॥३२॥ ततः प्रवृद्धावन्योन्यं प्रवृद्धौ ज्वालवाहिनौ ॥ चोदितौ विष्णु-
वाक्येन तां मायां व्यपकर्षताम् ॥३३॥ ताभ्यांमुद्भ्रान्तवेगाभ्यां प्रवृद्धाभ्यां महाहवे ॥ दग्धा सा पार्वती माया भस्मीभूता ननाश ह ॥३४॥ सोऽनि-
लोऽनलसंयुक्तः सोऽनलश्चानिलाकुलः ॥ दैत्यसेनां ददहतुर्युगान्त इव मूर्छितौ ॥३५॥ वायुः प्रधावितस्तत्र पश्चादग्निश्च मारुतात् ॥ चेरतुर्दान-

सकुशल नहीं बचा ॥ २८ ॥ अकेले विष्णुभगवानको छोड़कर समस्त देवसेना धनुष-बाणसे हीन होकर निराश हो गयी ॥ २९ ॥ किन्तु इन विपत्तियोंके आनेपर श्रीविष्णुभगवान् तनिक भी विचलित नहीं हुए। असाधारण सहिष्णुताके कारण उनको कुछ भी रोष नहीं आया ॥ ३० ॥ वे देवासुरसंघर्ष देखनेमें तल्लीन होकर युद्धके लिए उपयुक्त अवसरकी प्रतीक्षा करने लगे ॥ ३१ ॥ मय दानव द्वारा प्रयुक्त मायाको बढ़ते देखकर विष्णुभगवानने उसे दबानेके लिए वायु और अग्निदेवको आदेश दिया ॥ ३२ ॥ भगवानकी आज्ञा पाते ही वायु और अग्नि बहुत प्रसन्न होकर दानवी मायाका अन्त करनेके लिए उद्यत हो गये। वायु अग्निका एवं अग्नि वायुका संयोग होनेसे प्रलयकालके समान बढ़ती हुई दैत्यसेनाका संहार होने लगा। उन दोनोंके एक साथ भीषण प्रहारसे दानवोंकी पर्वतीय माया नष्ट हो गयी ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ आगे-आगे वायुदेव चलते थे और उनके पीछे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अग्निदेव। इस प्रकार वे दोनों निर्द्वन्द्वरूपसे खेलते हुए दैत्यसेनामें विचरने लगे ॥ ३६ ॥ अग्निदेवके प्रकोपसे दानवोंके विमान भस्म हो गये और वायुके वेगसे वे धरतीपर जा गिरे। इससे दैत्योंमें निराशा छा गयी। इस प्रकार दानवी मायाका नाश हो जानेपर प्रसन्न देवता विष्णुभगवानकी स्तुति करते हुए चारों ओरसे उनकी जयजयकार करने लगे ॥ ३७–३९ ॥ इस तरह सहस्राक्ष इन्द्रकी विजय तथा मयदानवकी पराजय हुई। इससे सभी दिशायें प्रसन्न हो गयीं और धर्म-कर्मका अनुष्ठान होने लगा। चन्द्रमाका मार्ग साफ हो गया। सूर्यदेव अपनी अयनगतिसे चलने लगे और सभी सदाचारी मनुष्य प्रकृतिस्थ हो गये ॥ ४० ॥ ४१ ॥ लोगोंकी मृत्यु समयपर होने लगी। सर्वत्र अग्निदेवका आवाहन होने लगा और देवता यज्ञका भाग पाने लगे ॥ ४२ ॥ लोकपालगणोंने चारों दिशाओंमें अपने-अपने स्थानोंपर अधिकार कर लिया। पुण्यात्माओंका अभ्युदय तथा पापियोंका नाश होने लगा ॥ ४३ ॥ देवपक्षके लोग

अनीके क्रीडन्तावनलानिलौ ॥ ३६ ॥ भस्मावयवभूतेषु प्रपतत्सूत्पतत्सु च ॥ दानवानां विमानेषु कृतकर्मणि पावके ॥ ३७ ॥ वातस्कन्धापविद्धेषु विमानेषु समन्ततः ॥ मायाबन्धे विनिर्वृत्ते स्तूयमाने गदाधरे ॥ ३८ ॥ निष्प्रयत्नेषु दैत्येषु त्रैलोक्ये मुक्तबन्धने ॥ संप्रहृष्टेषु देवेषु साधु साध्विति सर्वशः ॥ ३९ ॥ जये दशशताक्षस्य मयस्य च पराजये ॥ दिक्षु सर्वासु शुद्धासु प्रवृत्ते धर्मसंस्तरे ॥ ४० ॥ अपावृत्ते चन्द्रपथे अयनस्थे दिवाकरे ॥ प्रकृतिस्थेषु लोकेषु नृषु चारित्रबन्धुषु ॥ ४१ ॥ अभिन्नबन्धने मृत्यौ हूयमाने हुताशने ॥ यज्ञभागिषु देवेषु स्वर्गार्थं दर्शयत्सु च ॥ ४२ ॥ लोकपालेषु सर्वेषु दिक्षु संयानवर्तिषु ॥ भावे तपसि शुद्धानामभावे दुष्टकर्मिणाम् ॥ ४३ ॥ देवपक्षे प्रमुदिते दैत्यपक्षे विषीदति ॥ त्रिपादविग्रहे धर्मे अधर्मे पादविग्रहे ॥ ४४ ॥ अपावृते महाद्वारे वर्तमाने च सत्पथे ॥ स्वधर्मस्थेषु वर्णेषु लोकेऽस्मिन्नाश्रमेषु च ॥ ४५ ॥ प्रजारक्षणयुक्तेषु भ्राजमानेषु राजसु ॥ गीयमानासु गाथासु देवसंस्तवनादिषु ॥ ४६ ॥ प्रशान्तकलुषे लोके शान्ते तपसि दारुणे ॥ अग्निमारुतयोस्तस्मिन्वृत्ते संग्रामकर्मणि ॥ तन्मया विमला लोकास्ताभ्यां जयकृतप्रियाः ॥ ४७ ॥ पूर्वदेवभयं श्रुत्वा मारुताग्निकृतं महत् ॥ कालनेमिरिति ख्यातो दानवः प्रत्यदृश्यत ॥ ४८ ॥ भास्कराकारमुकुटः शिञ्जिताभरणाङ्गदः ॥ मन्दराचलसंकाशो महारजतसंवृतः ॥ ४९ ॥ शतप्रहरणोदग्रः शतबाहुः शताननः ॥ शतशीर्षा स्थितः श्रीमाञ्छतशृङ्ग इवाचलः ॥ ५० ॥ कक्षे महति संवृद्धो हिमान्त इव पावकः ॥ ५१ ॥

लोग प्रसन्न हुए और दैत्यपक्ष पराजित हुआ। अब त्रिपाद धर्म चार पैरसे युक्त हो गया। अतएव संसारमें सत्पथ प्रवर्तित हो गया। सभी वर्ण और आश्रमके लोग अपने-अपने धर्मका पालन करने लगे ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ सब राजे तत्परताके साथ प्रजारक्षणका कार्य करने लगे। देवताओंका स्तुतिपाठ और वेदघोष होने लगा ॥ ४६ ॥ संसारके सभी लोग पापशून्य हो गये और जगत्में व्याप्त घोर अज्ञानान्धाकार नष्ट हो गया। हे राजन्! वह अग्नि और वायुका युद्ध समाप्त होनेपर तीनों लोक तन्मय होकर परम आह्लादके साथ जयजयकार करने लगे ॥ ४७ ॥ उधर अग्नि और वायुके पराक्रमसे दैत्योंकी पराजय सुनकर मन्दर पर्वतके समान बृहदाकार, सूर्य सदृश देदीप्यमान मुकुटधारी, विविध भूषण धारण किये, सारे शरीरमें चाँदीके अलङ्कार पहने, सैकड़ों शस्त्र लिये, शतबाहु, शतानन और शतशीर्षा दैत्यवर कालनेमि शतशृङ्ग पर्वत तथा ग्रीष्मऋतुमें प्रवृत्त दवाग्निके समान जलजलाता हुआ समरांगण-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

में उतरा ॥ ४८–५१ ॥ उसके केश धूम्रवर्णके थे। दाढ़ी-मूँछ हरित वर्णकी थी। दाँत बाहर निकले हुए थे। उसका शरीर त्रिलोकविस्तृत था। उसकी आँखें टेढ़ी, दूरतक फैली और रक्त वर्णकी थीं। उस समय जैसे वह अपनी भुजाओंसे आकाशको उठाये ले रहा था। पैरोंसे पर्वतोंको इधर-उधर फेंक रहा था। वह अपने श्वास-प्रश्वाससे जलवर्षी मेघोंको उड़ाये दे रहा था और मन्दरपर्वतके समान उसका उग्र तेज था। उस समय ऐसा लगा कि मानो वह समरभूमिमें उपस्थित सभी देवताओंको भस्म कर देगा ॥ ५२–५४ ॥ वह देवताओंको डराता और दसों दिशाओंको रुद्ध करता चलता था। उस समय ऐसा ज्ञात हुआ कि मानो प्रलयकालमें भूखी मृत्यु आ उपस्थित हुई हो ॥ ५५ ॥ जो दानव देवताओंके हाथों मारे गये थे, उनको कालनेमिने अपने माल्याभरणभूषित विस्तृत दाहिने हाथकी गोल बड़ी-बड़ी पर्ववाली उँगलियोंके संकेतसे उठनेका आदेश दिया ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ शत्रुओंके लिए कालस्वरूप

धूम्रकेशो हरिच्छ्मश्रुर्दंष्ट्रालोष्ठपुटाननः ॥ त्रैलोक्यान्तरविस्तारो धारयन्विपुलं वपुः ॥ ५२ ॥ बाहुभिस्तुलयन्व्योम क्षिपन्पद्भ्यां महीधरान् ॥ ईरयन्मुखनिःश्वासैर्वृष्टिमन्तो बलाहकान् ॥ ५३ ॥ तिर्यगायतरक्ताक्षं मन्दरोदग्रवर्चसम् ॥ दिधक्षन्तमिवायान्तं सर्वान्देवगणान्मृधे ॥ ५४ ॥ तर्ज्जयन्तं सुरगणांश्छादयन्तं दिशो दश ॥ संवर्तकाले क्षुधितं दृप्तं मृत्युमिवोत्थितम् ॥ ५५ ॥ सुतलेनोच्छ्रितवता विपुलांगुलिपर्वणा ॥ माल्याभरणपूर्णेन किञ्चिच्चलितवर्मणा ॥ ५६ ॥ उच्छ्रितेनाग्रहस्तेन दक्षिणेन वपुष्मता ॥ दानवान्देवनिहतानुत्तिष्ठध्वमिति ब्रुवन् ॥ ५७ ॥ तं कालनेमिं समरे द्विषतां कालसन्निभम् ॥ वीक्षन्ति स्म सुराः सर्वे भयविक्लवलोचनाः ॥ ५८ ॥ तं स्म वीक्षन्ति भूतानि क्रमन्तं कालनेमिनम् ॥ त्रिविक्रमं विक्रमन्तं नारायणमिवापरम् ॥ ५९ ॥ सोच्छ्रयन्प्रथमं पादं मारुताघूर्णिताम्बरः ॥ प्राक्रामदसुरो युद्धे त्रासयन्सर्वदेवताः ॥ ६० ॥ स मयेनासुरेन्द्रेण परिष्वक्तः क्रमन्नणे ॥ कालनेमिर्बभौ दैत्यः सविष्णुरिव मन्दरः ॥ ६१ ॥ अथ विव्यथिरे देवाः सर्वे शक्रपुरोगमाः ॥ दृष्ट्वा कालमिवायान्तं कालनेमिं भयावहम् ॥ ६२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि षट्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ दानवांश्चापि पिप्रीषुः कालनेमिर्महासुरः ॥ व्यवर्धत महातेजास्तपान्ते जलदो यथा ॥ १ ॥ त्रैलोक्यान्तर्गतं तं तु

उस कालनेमिको देवताओंने भयभीत नेत्रोंसे देखा ॥५८॥ संसारके जीव उसे देखकर यह अनुभव करने लगे कि मानो दूसरे त्रिविक्रम (विष्णुभगवान) समरभूमिमें विचर रहे हैं ॥५९॥ उस महान् असुरने जब दाहिना पैर आगे बढ़ाया तो देवता घबड़ा उठे और उनके अस्त्र-शस्त्र वायुवेगसे हिलने लगे ॥ ६० ॥ इसी समय दानवेन्द्र मयने आकर कालनेमिको गलेसे लगा लिया। आलिङ्गनके समय कालनेमि विष्णुविराजित मन्दर पर्वतके समान शोभायमान हुआ ॥ ६१ ॥ यमराजके समान भयानक कालनेमिको रणभूमिमें आया देखकर इन्द्रादि देवताओंके मनमें भय समा गया और वे बहुत व्यथित हुए ॥ ६२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४६ ॥

(कालनेमिके साथ देवताओंका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! महान् असुर कालनेमि दानवोंको प्रसन्न करनेके लिए ग्रीष्मकालान्तमें उमड़े नवजलधरके समान बढ़ने लगा ॥१॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्रिलोकविख्यात कालनेमिको अपने बीच उपस्थित देखकर दानवगण इस प्रकार स्वस्थशरीर होकर उठ खड़े हुए, जैसे उन्हें उत्तम अमृत प्राप्त हो गया हो ॥ २ ॥ मय-तार आदि दानवों-का भय भाग गया। उस तारकामय संग्राममें सभी दानव विजयोल्लसित हो उठे ॥ ३ ॥ सेनाके जो सैनिक युद्धका अभ्यास कर रहे थे और जो व्यूहमें संचरणशील थे, वे अपलक नयनोंसे कालनेमिको देखने लगे और उन्हें बड़ी खुशी हुई ॥ ४ ॥ मयदानवके समरपटु सैनिक भय त्यागकर प्रसन्नतापूर्वक युद्धके लिए आ उपस्थित हुए ॥ ५ ॥ मय, तार, वराह, हयग्रीव, विप्रचित्तिका पुत्र श्वेत, खर, लम्ब, बलिपुत्र अरिष्ट, किशोर, उष्ट्र, देवप्रसिद्ध प्रमुख योद्धा तथा महाबलवान् राहु एवं अन्यान्य अस्त्रविशारद तथा तपोनिष्ठ दानव भारी गदा, चक्र, परशु,

दृष्ट्वा ते दानवेश्वराः ॥ उत्तस्थुरपरिश्रान्ताः प्राप्येवामृतमुत्तमम् ॥ २ ॥ ते भीता भयसन्त्रस्ता मयतारपुरोगमाः ॥ तारकामयसंग्रामे सततं जय-
काङ्क्षिणः ॥ रेजुरायोधनगता दानवा युद्धकाङ्क्षिणः ॥ ३ ॥ अस्त्रमभ्यस्यतां तेषां व्यूहं च परिधावताम् ॥ प्रेक्षतां चाभवत्प्रीतिर्दानवं कालनेमि-
नम् ॥ ४ ॥ ये तु तत्र मयस्यासन्मुख्या युद्धपुरःसराः ॥ तेऽपि सर्वे भयं त्यक्त्वा हृष्टा योद्धुमुपस्थिताः ॥ ५ ॥ मयस्तारो वराहश्च हयग्रीवश्च
वीर्यवान् ॥ विप्रचित्तिसुतः श्वेतः खरलम्बावुभावपि ॥ ६ ॥ अरिष्टो बलिपुत्रस्तु किशोरोष्ट्रौ तथैव च ॥ स्वर्भानुश्चामरप्रख्यो वक्रयोधी महाबलः
॥ ७ ॥ एतेऽस्त्रविदुषः सर्वे सर्वे तपसि सुव्रताः ॥ दानवाः कृतिनो जग्मुः कालनेमिनमुत्तमम् ॥ ८ ॥ ते गदाभिश्च गुर्वीभिश्चक्रैश्च सपरश्वधैः ॥
अश्मभिश्चाद्रिसदृशैर्गण्डशैलैश्च दंशितैः ॥ ९ ॥ पट्टिशैर्भिन्दिपालैश्च परिघैश्चोत्तमायुधैः ॥ घातिनीभिश्च गुर्वीभिः शतघ्नीभिस्तथैव च ॥ १० ॥
कालकल्पैश्च मुसलैः क्षेपणीयैश्च मुद्गरैः ॥ युगैर्यन्त्रैश्च निर्मुक्तैरर्गलैश्चाग्रताडितैः ॥ ११ ॥ दोर्भिश्चायतपीनांसैः पाशैः प्रासैश्च मूर्च्छितैः ॥ सर्पैर्ले-
लिह्यमानैश्च विसर्पद्भिश्च सायकैः ॥ १२ ॥ वज्रैः प्रहरणीयैश्च दीप्यमानैश्च तोमरैः ॥ विकोशैश्चासिभिस्तीक्ष्णैः शूलैश्च शितनिर्मलैः ॥ १३ ॥
ते वै सन्दीप्तमनसः प्रगृहीतोत्तमायुधाः ॥ कालनेमिं पुरस्कृत्य तस्थुः संग्राममूर्धनि ॥ १४ ॥ सा दीप्तशस्त्रप्रवरा दैत्यानां शुशुभे चमूः ॥ द्यौर्नि-
मीलितनक्षत्रा सघनेवाम्बुदागमे ॥ १५ ॥ देवतानामपि चमू रुरुचे शक्रपालिता ॥ दीप्ता शीतोष्णतेजोभ्यां चन्द्रभास्करवर्चसा ॥ १६ ॥ वायुवेग-
वती सौम्या तारागणपताकिनी ॥ तोयदाविद्धवसना ग्रहनक्षत्रहासिनी ॥ १७ ॥ यमेन्द्रधनदैर्गुप्ता वरुणेन च धीमता ॥ संप्रदीप्ताग्निपवना

कालस्वरूप मुशल, क्षेपणीय, मुद्गर, पर्वताकार प्रस्तरखण्ड, दारुण गण्डशैल, पट्टिश, भिन्दिपाल, उत्कृष्ट लौहनिर्मित परिघ, लोकनाशिनी शतघ्नी, युग यन्त्रयुक्त सूक्ष्माग्र अर्गल, पाश, प्रास, जीभ लपलपाते सर्पके समान सान चढ़े हुए बाण, प्रहरणीय वज्र, दीप्यमान तोमर, म्यानसे निकली हुई तीखी तलवार और रुधिरसे धुले शूल आदि विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र धारण किये हुए दानवसैनिक कालनेमिको अगुआ बनाकर रणभूमिमें डट गये ॥ ६–१४ ॥ नाना प्रकारके शस्त्रोंसे सुसज्जित वह दैत्यसेना घनघटासे आच्छन्न आकाशके समान सुशोभित हुई। इधर इन्द्रसे सुरक्षित, चन्द्र-सूर्यके शीत-उष्ण तेजसे देदीप्यमान, वायुवेगविशिष्ट, नक्षत्रपताकायुक्त, जलधर सदृश वस्त्रधारिणी, ग्रह-नक्षत्र-हास्यमयी एवं यम, इन्द्र, वरुण, कुबेर, अग्नि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा वायुसे संरक्षित और नारायण-परायण भयानक देवसेना विविध अस्त्रधारणपूर्वक यक्षों तथा गन्धर्वोंसे मिलकर समुद्रके प्रवाह सदृश सुशोभित हुई ॥१८–१९॥ तदनन्तर प्रलयकालमें भूमण्डल तथा आकाशमण्डल जैसे परस्पर मिल जाते हैं, उसी प्रकार उभय पक्षकी सेनाओंका मिलन होते ही घोर युद्ध आरम्भ हो गया। देवताओंने दर्पित दैत्योंके प्रति पहले तो कुछ शैथिल्य दिखाया और बादमें परम पराक्रमके साथ उनका वध करने लगे। इसके विपरीत दैत्यगणने विनीत देवताओंके प्रति पहले पराक्रम प्रदर्शित किया, किन्तु बादमें शिथिल पड़ गये ॥ २० ॥ २१ ॥ पूर्व और पश्चिम समुद्रसे उठे बादलोंके समान उन दोनों सेनाओंमेंसे दोनों पक्षके निर्भीक सैनिक निकलने लगे ॥ २२ ॥ पुष्पित पर्वतीय वनमें जैसे हाथी निकलकर घूमते हैं, उसी तरह दोनों पक्षके सैनिक दोनों शिविरोंमें विचरने लगे ॥ २३ ॥ एकाएक चारों ओर भेरी बजने लगी और शङ्खका शब्द गूँज उठा। उस भेरी तथा शङ्खकी ध्वनिसे सारा भूमण्डल, दिङ्मण्डल और नभमण्डल गूँज गया ॥ २४ ॥ प्रत्यंचाके आघात, धनुषके टंकोर तथा दुन्दुभीके निनादसे दैत्योंका सिंहनाद लुप्त हो गया ॥ २५ ॥ अब दोनों पक्षके सैनिक

नारायणपरायणा ॥ १८ ॥ सा समुद्रौघसदृशी दिव्या देवमहाचमूः ॥ रराजास्त्रवती भीमा यक्षगन्धर्वशालिनी ॥१९॥ तयोश्चम्वोस्तदा तत्र बभूव स समागमः ॥ द्यावापृथिव्योः संयोगो यथा स्याद्युगपर्यये ॥ २० ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं देवदानवसंकुलम् ॥ क्षमापराक्रममयं दर्पस्य विनयस्य च ॥ २१ ॥ निश्चक्रुर्बलाभ्यां तु ताभ्यां भीमाः सुरासुराः ॥ पूर्वापराभ्यां संरब्धाः सागराभ्यामिवाम्बुदाः ॥ २२ ॥ ताभ्यां बलाभ्यां संहृष्टाश्चेरुस्ते देवदानवाः ॥ वनाभ्यां पार्वतीयाभ्यां पुष्पिताभ्यां यथा गजाः ॥ २३ ॥ समाजघ्नुस्ततो भेरीः शङ्खान्दध्मुश्च नैकशः ॥ स शब्दो द्यां भुवं चैव दिशश्च समपूरयत् ॥ २४ ॥ ज्याघाततलनिर्घोषो धनुषां कूजितानि च ॥ दुन्दुभीनां निनदतां दैत्यानां निर्दधुः स्वनान् ॥ २५ ॥ तेऽन्योन्यमभिसंपेतुः पातयन्तः परस्परम् ॥ बभञ्जुर्बाहुभिर्बाहून्द्वन्द्वमन्ये युयुत्सवः ॥ २६ ॥ देवतास्त्वशनीर्घोराः परिघांश्चोत्तमायसान् ॥ ससर्जुराजौ निस्त्रिंशान्गदा गुर्वीश्च दानवाः ॥२७॥ गदानिपातैर्भग्नाङ्गा बाणैश्च शकलीकृताः ॥ परिपेतुर्भृशं केचिन्न्युब्जाः केचित्ससर्जिरे ॥२८॥ ततो रथैः सतुरगैर्विमानैश्चाशुगामिभिः ॥ समीयुस्ते तु संरब्धा रोषादन्योन्यमाहवे ॥ २९ ॥ संवर्त्तमानाः समरे विवर्तन्तस्तथाऽपरे ॥ रथा रथैर्निरुध्यन्ते पदाताश्च पदातिभिः ॥३०॥ तेषां रथानां तुमुलः स शब्दः शब्दवाहिनाम् ॥ बभूवाथ प्रसक्तानां नभसीव पयोमुचाम् ॥३१॥ बभञ्जिरे रथान्केचित्केचित्स-

परस्पर एक दूसरेपर आक्रमण करके मारने लगे। कुछ वीर द्वन्द्वयुद्धमें एक दूसरेके हाथ तोड़ने लगे ॥ २६ ॥ देवता लौहनिर्मित भयानक परिघ और दानवगण भारीसे भारी गदा तथा निस्त्रिंशिकासे प्रहार करते थे ॥ २७ ॥ उनमें कितने ही सैनिकोंका शरीर गदाके आघातसे चूर हो गया और कितनोंकी देह बाण लगनेसे खण्ड-खण्ड हो गयी। अतएव उनमेंसे कुछ एकदम भूमिपर लोट गये और कुछ झुककर खड़े रह गये ॥ २८ ॥ इसके बाद रोषभरे रथी सैनिक अश्वयुक्त रथों एवं द्रुतगामी विमानोंपर आरूढ़ होकर युद्धमें प्रवृत्त हुए ॥ २९ ॥ कितने वीर सैनिक ऐसी भयानक विपत्ति आनेपर भी रणभूमिमें जमे रहे और कुछ कायर प्राण बचानेके लिए भाग खड़े हुए। रथ द्वारा रथ तथा पैदल सैनिकों द्वारा पैदल सैनिकोंका मार्ग अवरुद्ध हो गया ॥ ३० ॥ आकाशमें होनेवाले मेघगर्जनके समान गम्भीर रथनिर्घोष होने लगा। किसीका रथ चूर हो गया और कोई रथसे दबकर मर गया। कोई-कोई रथी ऐसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भीड़के बीच रथ चलानेमें ही असमर्थ हो गया ॥३१॥३२॥ कोई-कोई ढाल-तलवारधारी वीर दोनों हाथोंसे अभिमानपूर्वक तलवार चलाने लगा। उस समय उसके सभी अलंकार बजने लगे ॥ ३३ ॥ बहुतेरे सैनिक घायल होकर जलवर्षी मेघके समान रक्त वमन करने लगे ॥ ३४ ॥ इस प्रकार दोनों पक्षके सैनिकोंके शस्त्रप्रहारसे बड़ा भयानक युद्ध उपस्थित हो गया ॥३५॥ दानवरूपी महामेघपर देवताओंके अस्त्ररूपी विद्युत् एवं उभयपक्षी बाणवर्षारूपी वृष्टिका संयोग हो जानेके कारण भयानक रणदुर्दिन दिखायी देने लगा ॥ ३६ ॥ इसी समय महान् असुर कालनेमि समुद्री.य जल भरे मेघके समान क्रुद्ध हो उठा ॥ ३७ ॥ विद्युन्मालासे सुशोभित, वज्रवर्षी और पर्वतशिखर सदृश मेघ उसके शरीरका स्पर्श होते ही चूर्ण हो गये ॥ ३८ ॥ क्रोधके कारण कालनेमिकी दोनों भौंहोंसे पसीना चूने लगा। साँस जोरोंसे चलने लगी। उस समय वज्रयुक्त अग्निशिखाके समान उसके मुखसे गरम श्वास निकल रहा था ॥३९॥ उसकी

मृदिता रथैः ॥ संबाधमेके संप्राप्य न शेकुश्चलितुं रथाः ॥ ३२ ॥ अन्योन्यस्याभिसमरे दोर्भ्यामुत्क्षिप्य दर्पिताः ॥ संह्रादमानाभरणा जघ्नुस्त्रासिचर्मिणः ॥ ३३ ॥ शस्त्रैरन्ये विनिर्भिन्ना रक्तं वेमुर्हता युधि ॥ क्षरज्जलानां सदृशा जलदानां समागमे ॥ ३४ ॥ तदस्त्रशस्त्रग्रथितं क्षिप्तोत्क्षिप्तगदाविलम् ॥ देवदानवसंक्षुब्धं संकुलं युद्धमाबभौ ॥ ३५ ॥ तद्दानवमहामेघं देवायुधतडित्प्रभम् ॥ अन्योन्यबाणवर्षं तद्युद्धं दुर्दिनमाबभौ ॥ ३६ ॥ एतस्मिन्नन्तरे क्रुद्धः कालनेमिर्महासुरः ॥ व्यवर्द्धत समुद्रौघैः पूर्यमाण इवाम्बुदः ॥ ३७ ॥ तस्य विद्युच्चलापीडाः प्रदीप्ताशनिवर्षिणः ॥ गात्रे नगशिरःप्रख्या विनिष्पेतुर्बलाहकाः ॥ ३८ ॥ क्रोधान्निःश्वसतस्तस्य भ्रूभेदस्वेदवर्षिणः ॥ साग्निनिष्पेषपवना मुखान्निश्चेरुरर्चिषः ॥ ३९ ॥ तिर्यगूर्ध्वं च गगने ववृधुस्तस्य बाहवः ॥ पञ्चास्याः कृष्णवपुषो लेलिहाना इवोरगाः ॥ ४० ॥ सोऽस्त्रजालैर्बहुविधैर्धनुर्भिः परिघैरपि ॥ दिव्यैराकाशमावव्रे पर्वतैरुच्छ्रितैरिव ॥ ४१ ॥ सोऽनिलोद्धूतवसनस्तस्थौ संग्राममूर्द्धनि ॥ सन्ध्याऽऽतपग्रस्तशिखः साक्षान्मेरुरिवाचलः ॥ ४२ ॥ ऊरुवगेप्रतिक्षिप्तैः शैलशृङ्गाग्रपादपैः ॥ अपातयद्देवगणान्वज्रेणेव महागिरीन् ॥ ४३ ॥ बाहुभिः शस्त्रनिस्त्रिंशैश्छिन्नभिन्नशिरोरसः ॥ न शेकुश्चलितुं देवाः कालनेमिहता युधि ॥ ४४ ॥ मुष्टिभिर्निहताः केचित्केचिच्च विदलीकृताः ॥ यक्षगन्धर्वपतयः पेतुः सह महोरगैः ॥ ४५ ॥ तेन वित्रासिता देवाः समरे कालनेमिना ॥ न शेकुर्यत्नवन्तोऽपि प्रतिकर्तुं विचेतसः ॥ ४६ ॥ तेन शक्रः सहस्राक्षः स्तम्भितः शरबन्धनैः ॥ ऐरावतगतः संख्ये चलितुं न शशाक

सभी भुजायें लपलपाती जीभवाले पञ्चमुख सर्पोंके समान कुछ टेढ़ी होकर ऊपर उठ गयीं ॥ ४० ॥ उत्तुंग पर्वतके समान उसके धनुष, परिघ तथा अन्यान्य शस्त्रास्त्रोंसे आकाशमण्डल ढँक गया ॥ ४१ ॥ महासुर कालनेमि रणभूमिमें आया, तब उसके वस्त्र हवाके झोकोंसे उड़ रहे थे। उस समय वह दैत्य सन्ध्याकी सुनहली धूपसे सुशोभित शिखरवाले सुमेरुपर्वत जैसा दीख रहा था ॥४२॥ जैसे वज्रके प्रहारसे बड़े-बड़े पर्वत छितरा जाते हैं, उसी प्रकार उसके द्वारा वेगसे फेंके हुए पर्वतशिखरों और वृक्षोंके आघातसे बहुतेरे देवता धराशायी हो गये ॥४३॥ विविध शस्त्रों तथा खड्गके प्रहारसे उनके मस्तक एवं वक्षस्थल छिन्न-भिन्न हो गये। जिससे उनमें चलने-फिरनेकी भी शक्ति नहीं रह गयी ॥४४॥ कालनेमिके मुष्टिप्रहारसे ब[illegible]रे यक्ष और गन्धर्व मर गये और कुछ घायल होकर भूमिपर गिर पड़े ॥ ४५ ॥ इस प्रकार कालनेमि द्वारा वित्रासित देवता आन्तरिक इच्छा रहते हुए भी किंकर्तव्यविमूढ हो गये और उन[illegible] प्रतीकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं हो सका ॥ ४६ ॥ सहस्राक्ष इन्द्र कालनेमिके बाणोंसे बिंधकर अपने ऐरावतपर चुपचाप बैठे रह गये ॥ ४७ ॥ वरुण पाशास्त्रसे विहीन होकर निर्जल मेघ तथा सूखे के समान अकर्मण्य हो गये ॥ ४८ ॥ कालनेमिके कालरूपी परिघोंकी मारसे व्यथित लोकपालेश कुबेरको जैसे काठ मार गया ॥४९॥ यमराज यद्यपि सबको अचेत करनेकी क्षमता र... थ, किन्तु कालनेमिके प्रहारसे वे स्वयं अचेत हो गये और उनके सैनिकोंने उन्हें दक्षिण दिशामें पहुँचा दिया ॥५०॥ हे महाराज जनमेजय ! महान् असुर कालनेमिने इस प्रकार लोकपालोंको परास्त करके अपनी देहके चार अंश कर लिये और चारों दिशाओंमें स्वयं इन्द्र-वरुण आदि लोकपालोंका कार्य करने लगा ॥ ५१ ॥ वह महासुर कालनेमि राहु-प्रदर्शित नक्षत्रपथपर गया। उसने चन्द्रदेवकी सारी सम्पदा हर ली और उनके महान् राज्यपर अधिकार कर लिया ॥५२॥ उसके प्रभाववश सूर्यदेव स्वर्गद्वारसे च्युत होकर अपने:अयन तथा दिन करनेके कार्यसे भी भ्रष्ट हो

ह ॥४७॥ निर्जलाम्भोदसदृशो निर्जलार्णवसप्रभः ॥ निर्व्यापारः कृतस्तेन विपाशो वरुणो मृधे ॥४८॥ रणे वैश्रवणस्तेन परिघैः कालरूपिभिः ॥ व्यलपल्लोकपालेशस्त्याजितो धनदक्रियाम् ॥ ४९ ॥ यमः सर्वहरस्तेन दण्डप्रहरणो रणे ॥ याम्यामवस्थां समरे नीतः स्वां दिशमाविशत् ॥५० ॥ स लोकपालानुत्साद्य कृत्वा तेषां च कर्म तत् ॥ दिक्षु सर्वासु देहं स्वं चतुर्धा विदधे तदा ॥ ५१ ॥ स नक्षत्रपथं गत्वा दिव्यं स्वर्भानुदर्शितम् ॥ जहार लक्ष्मीं सोमस्य तं चास्य विषयं महत् ॥ ५२ ॥ चालयामास शीतांशुं स्वर्गद्वाराच्च भास्करम् ॥ सायनं चास्य विषयं जहार दिनकर्म च ॥ ५३ ॥ सोऽग्निं देवमुखे दृष्ट्वा चकारात्ममुखे स्वयम् ॥ वायुं च तरसा जित्वा चकारात्मवशानुगम् ॥ ५४ ॥ स समुद्रात्समानीय सर्वाश्च सरितो बलात् ॥ चकारात्मवशे वीर्याद्देहभूताश्च सिन्धवः ॥ ५५ ॥ अपः स्ववशगाः कृत्वा दिविजा याश्च भूमिजाः ॥ स्थापयामास जगतीं सुगुप्तां धरणीधरैः ॥ ५६ ॥ स स्वयंभूरिवाभाति महाभूतपतिर्महान् ॥ सर्वलोकमयो दैत्यः सर्वलोकभयावहः ॥ ५७ ॥ स लोकपालैकवपुश्चन्द्रसूर्यग्रहात्मवान् ॥ पावकानिलसंघातो रराज युधि दानवः ॥ ५८ ॥ पारमेष्ठ्ये स्थितः स्थाने लोकानां प्रभवाप्यये ॥ तुष्टुवुस्तं दैत्यगणा देवा इव पितामहम् ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

गये ॥ ५३ ॥ अग्निदेवको देवताओंके मुखमें देखकर उन्हें उसने अपने मुखमें बसाया और पवनदेवको पराक्रमपूर्वक जीतकर अपना आज्ञाकारी दास बना लिया ॥ ५४ ॥ उसके पराक्रमसे सभी नद और नदियाँ समुद्रसे आ और देहधारिणी बनकर उसकी आज्ञामें रहने लगीं ॥ ५५ ॥ उसने पृथिवी तथा स्वर्गमें उत्पन्न होनेवाली सारी जलराशि पर्वतपरिरक्षित पृथिवीतलपर स्थापित कर दी ॥ ५६ ॥ तब सर्वलोकभयङ्कर एवं सर्वलोकमय वह महान् असुर कालनेमि लोकपति भगवान् ब्रह्माके समान सुशोभित हुआ ॥५७॥ अन्तमें सभी लोकपाल, चन्द्र, सूर्य, वायु और अग्नि ये सब उसके अधीन हो गये ॥ ५८ ॥ जब कालनेमिने इस प्रकार सृष्टि-स्थितिविधायक ब्रह्माका पद प्राप्त कर लिया, तब जैसे देवता लोकपितामह ब्रह्माकी स्तुति करते थे, उसी प्रकार दानव लोग असुरराज कालनेमिकी स्तुति करने लगे ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि भाषाटीकायां सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(विष्णुभगवान द्वारा देवताओंको आश्वासन और ब्रह्मलोकगमन) वैशम्पायन बोले—हे राजन्! वेद, धर्म, क्षमा, सत्य और नारायणाश्रिता भगवती लक्ष्मी ये पाँचों जब असुरराज कालनेमिके अधीन नहीं हुए, तब वह दानवेश्वर नितान्त क्रुद्ध होकर वैष्णवपद प्राप्त करनेकी इच्छासे भगवानके पास गया ॥१॥२॥ वहाँ पहुँचकर उसने देखा कि शख, चक्र, गदा धारण किये विष्णुभगवान अपनी सुन्दर गदा घुमाते हुए दैत्योंका संहार करनेको उद्यत हैं ॥ ३ ॥ भगवानका सजल मेघ सदृश श्याम वर्ण था। वे विद्युत् सदृश पीताम्बर पहने थे। सुनहले पंखवाले कश्यपतनय गरुड़की पीठपर बैठे थे ॥ ४ ॥ उन्हें इस प्रकार दैत्योंका विनाश करनेके लिए उद्यत देखकर दानवाधिपति कालनेमि बहुत कुपित हुआ और कभी भी न क्षुभित होनेवाले विष्णुभगवानके विषयमें बोला—॥५॥ यह विष्णु मेरे पूर्वज दानवर्षियोंका महान् शत्रु है। इसीने समुद्रनिवासी मधु-कैटभका वध किया था ॥६॥ सुनता हूँ कि यह

वैशम्पायन उवाच ॥ पञ्च तं नाभ्यवर्त्तन्त विपरीतेन कर्मणा ॥ वेदो धर्मः क्षमा सत्यं श्रीश्च नारायणाश्रया ॥ १ ॥ स तेषामनुपस्थानात्सक्रोधो दानवेश्वरः ॥ वैष्णवं पदमन्विच्छन् ययौ नारायणान्तिकम् ॥ २ ॥ स ददर्श सुपर्णस्थं शंखचक्रगदाधरम् ॥ दानवानां विनाशाय भ्रामयन्तं गदां शुभाम् ॥ ३ ॥ सजलाम्भोदसदृशं विद्युत्सदृशवाससम् ॥ स्वारूढं स्वर्णपत्राढ्यं शिखिनं काश्यपं खगम् ॥ ४ ॥ दृष्ट्वा दैत्यविनाशाय रणे सुस्थमवस्थितम् ॥ दानवो विष्णुमक्षोभ्यं बभाषे क्षुब्धमानसः ॥ ५ ॥ अयं स रिपुरस्माकं पूर्वेषां दानवर्षिणाम् ॥ अर्णवावासिनश्चैव मधोर्वै कैटभस्य च ॥ ६ ॥ अयं सविग्रहोऽस्माकमशाम्यः किल कथ्यते ॥ येन नः संयुगेष्वाद्या बहवो दानवा हताः ॥ ७ ॥ अयं स निर्घृणो युद्धेऽस्त्री बालनिरपत्रपः ॥ येन दानवनारीणां सीमन्तोद्धरणं कृतम् ॥ ८ ॥ अयं स विष्णुर्देवानां वैकुण्ठश्च दिवौकसाम् ॥ अनन्तो भोगिनामप्सु स्वयंभूश्च स्वयंभुवः ॥ ९ ॥ अयं स नाथो देवानामस्माकं विप्रिये स्थितः ॥ अस्य क्रोधेन महता हिरण्यकशिपुर्हतः ॥ १० ॥ अस्य छायां समासाद्य देवा मखमुखे स्थिताः ॥ आज्यं महर्षिभिर्दत्तमश्नुवन्ति त्रिधा हुतम् ॥ ११ ॥ अयं स निधने हेतुः सर्वेषां देवविद्विषाम् ॥ यस्य तेजःप्रविष्टानि कुलान्यस्माकमाहवे ॥ १२ ॥ अयं स किल युद्धेषु सुरार्थे त्यक्तजीवितः ॥ सवितुस्तेजसा तुल्यं चक्रं क्षिपति शत्रुषु ॥ १३ ॥ अयं स कालो दैत्यानां कालभूते मयि स्थिते ॥ अतिक्रान्तस्य कालस्य फलं प्राप्स्यति दुर्मतिः ॥ १४ ॥ दिष्ट्येदानीं समक्षं मे विष्णुरेष समागतः ॥ अद्य मद्बाणनिष्पिष्टो

हमारा दुर्जय शत्रु है। इसीने रणभूमिमें शस्त्र धारण करके बालककी तरह निर्लज्जभावसे हमारा सर्वनाश किया है। इसीके कारण अगणित दानवनारियोंकी माँगका सिन्दूर पुँछा है ॥ ७ ॥ ८ ॥ यही देवताओंका विष्णु, स्वर्गवासियोंका वैकुण्ठ, सर्पोंका सलिलशायी अनन्त, ब्रह्माका ब्रह्मा, देवताओंका आश्रय और हम दैत्योंका शत्रु है। इसके रोषसे ही मेरे पूर्वज हिरण्यकशिपुका विनाश हुआ था ॥ ९ ॥ १० ॥ इसीके सहारे देवता यज्ञभूमिमें गार्हपत्यादि अग्निरूपसे तीन भागोंमें विभक्त होकर महर्षिप्रदत्त आज्य ग्रहण करते हैं ॥ ११ ॥ यही हम देवद्वेषी दानवोंके विनाशका मूल कारण है। इसीके चक्रास्त्रसे हमारा कुल निर्मूल हुआ है ॥ १२ ॥ इसीने युद्धभूमिमें अपना सूर्यसदृश तेजस्वी चक्रास्त्र लेकर देवताओंकी भलाई करनेके लिए प्राणपणसे उद्योग करके हम देवशत्रुओंका वध किया है ॥ १३ ॥ यह हम दैत्योंके लिए कालस्वरूप है। जो भी हो, बहुत समय बाद कालरूप होकर मैं रणभूमिमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आज इसके सम्मुख आया हूँ। अतएव आज ही इस दुर्बुद्धिको अपनी करनी फल मिल जायगा ॥ १४ ॥ भाग्यसे ही आज यह मेरे सम्मुख आया है। अभी यह मेरे बाणोंसे छिन्न-भिन्न होकर मेरे सामने झुक जायगा ॥ १५ ॥ मेरा परम सौभाग्य है कि आज मैं समरमें अपने पूर्वजोंके ऋणसे मुक्त हो जाऊँगा। आज दानवोंके लिए अत्यन्त भयानक इस नारायणका वध करके इसके आश्रितोंको भी समाप्त कर दूँगा। हो सकता है कि जन्मान्तरमें यह फिर दानवोंको दुःख दे ॥ १६ ॥ १७ ॥ क्योंकि पूर्वकालमें इस अनन्तने ही पद्मनाभ होकर घोर एकार्णवमें मधु-कैटभ दैत्यको अपनी जाँघपर रखकर मारा था ॥ १८ ॥ इसीने नृसिंहका रूप धारण करके मेरे पिता हिरण्यकशिपुको यमपुर भेजा था ॥ १९ ॥ देवमाता अदितिने बड़े शुभ समय इसे अपने गर्भमें धारण किया था। इस हरिने ही महाराज बलिके यज्ञमें वामनरूप धारण करके तीन ही पगमें सारी त्रिलोकी नाप ली थी ॥२०॥ किन्तु आज इस तारकामय संग्राममें यह समस्त देवताओंके साथ मेरे हाथों मारा जायगा ॥ २१ ॥ हे महाराज जनमेजय! असुरराज कालनेमि इस प्रकार नारायणको विविध बातोंसे तिरस्कृत करके

मामेव प्रणमिष्यति ॥ १५ ॥ यास्याम्यपचितिं दिष्ट्या पूर्वेषामथ संयुगे ॥ इमं नारायणं हत्वा दानवानां भयावहम् ॥ १६ ॥ क्षिप्रमेव वधिष्यामि रणे नारायणाश्रितान् ॥ जात्यन्तरगतोऽप्येष मृधे बाधति दानवान् ॥ १७ ॥ एषोऽनन्तः पुरा भूत्वा पद्मनाभ इति स्मृतः ॥ जघानैकार्णवे घोरे तावुभौ मधुकैटभौ ॥ विनिवेश्य स्वके ऊरौ निहतौ दानवेश्वरौ ॥ १८ ॥ द्विधाभूतं वपुः कृत्वा सिंहार्द्धं नरसंस्थितम् ॥ पितरं मे जघानैको हिरण्यकशिपुं पुरा ॥ १९ ॥ शुभं गर्भमधत्तेममदितिर्देवतारणिः ॥ यज्ञकाले बलेर्यो वै कृत्वा वामनरूपताम् ॥ त्रींल्लोकानाजहारैकः क्रममाणस्त्रिभिः क्रमैः ॥ २० ॥ भूयस्त्विदानीं समरे संप्राप्ते तारकामये ॥ मया सह समागम्य सह देवैर्विनंक्ष्यति ॥२१॥ स एवमुक्त्वा बहुधा क्षिपन्नारायणं रणे ॥ वाग्भिरप्रतिरूपाभिर्युद्धमेवाभ्यरोचयत् ॥२२॥ क्षिप्यमाणोऽसुरेन्द्रेण न चुकोप गदाधरः ॥ क्षमाबलेन महता सस्मितं वाक्यमब्रवीत् ॥२३॥ अल्पदर्पबलो दैत्यः स्थितः क्रोधादसद्वदन् ॥ हतस्त्वमात्मनो दोषैः क्षमां योऽतीत्य भाषसे ॥ २४ ॥ अधमस्त्वं मम मतो धिगेतत्तव वाग्बलम् ॥ न तत्र पुरुषाः सन्ति यत्र गर्जन्ति योषितः ॥ २५ ॥ अहं त्वां दैत्य पश्यामि पूर्वेषां मार्गगामिनाम् ॥ प्रजापतिकृतं सेतुं को भित्त्वा स्वस्तिमान्भवेत् ॥ २६ ॥ अद्य त्वां नाशयिष्यामि देवव्यापारकारकम् ॥ स्वेषु स्वेषु च स्थानेषु स्थापयिष्यामि देवताः ॥ २७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं

युद्धके लिए तैयार हो गया ॥ २२ ॥ उस असुरके तिरस्कार करनेपर भी विष्णुभगवान कुपित नहीं हुए। प्रत्युत अपने क्षमाबलसे तनिक मुसकाकर बोले——॥ २३ ॥ हे दैत्यवर! दर्पबल एक साधारण वस्तु है। शक्ति रहनेपर भी जिसे क्रोध न आये, वास्तवमें वही बलवान् होता है। अतएव जब तुम क्षमागुण त्यागकर व्यर्थकी बकवास कर रहे हो तो तुम अपने अभिमानके दोषसे ही मर चुके हो ॥ २४ ॥ मेरे विचारमें तो तुम बड़े अधम जीव हो। तुम्हारी बकवासको धिक्कार है। जहाँ पुरुष नहीं रहते, वहाँ ही स्त्रियाँ गर्जन-तर्जन करती हैं ॥ २५ ॥ विधाताकी सीमाका उल्लंघन करके कौन सुखी रह सकता है? मैं देखता हूँ कि तुम भी वहीं जाना चाहते हो, जहाँ तुम्हारे पूर्वज गये हैं ॥ २६ ॥ तुम प्रबल देवद्रोही हो और देवताओंका काम तुमने स्वयं सम्हाल लिया है। अतएव आज तुम्हें मारकर मैं देवताओंको फिर अपने-अपने पदपर प्रतिष्ठित कर दूँगा ॥२७॥ वैशम्पायन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहते हैं—हे राजन् ! श्रीवत्सधारी विष्णुभगवान्‌के ऐसा कहनेपर दानवराज कालनेमि जोरसे हँसा और उसने अपने हाथोंमें विविध प्रकारके आयुध सम्हाल लिये ॥२८॥ तदनन्तर आयुध-विभूषित अपने सौ हाथोंसे एक साथ उसने विष्णुभगवानको छातीपर प्रहार किया ॥ २९ ॥ मय तथा तार आदि दानव भी खड्ग आदि शस्त्रास्त्र लेकर नारायणकी ओर लपके ॥ ३० ॥ अतिशय बलवान् तथा विविध शस्त्रोंसे सुसज्जित दैत्योंके प्रहार करनेपर भी भगवान् विचलित न होते हुए पर्वतके समान युद्धभूमिमें अडिग खड़े रहे ॥ ३१ ॥ तदनन्तर कालनेमिने घोर गदा ली और गरुडको लक्ष्य करके पूर्ण वेगसे उनके मस्तकपर चलायी । उसके इस कामको देखकर भगवान भी चकरा गये ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ पक्षिराज गरुड़ उस प्रहारसे बहुत व्यथित होकर नीचे उतर आये ॥ ३४ ॥ गरुड़को व्यथित तथा अपना शरीर घायल देखकर विष्णुभगवानको बहुत क्रोध आया और उन्होंने अपना सुदर्शन चक्र सम्हाला ।

ब्रुवति तद्वाक्यं मृधे श्रीवत्सधारिणि ॥ जहास दानवः क्रोधाद्धस्तांश्चक्रे च सायुधान् ॥ २८ ॥ स बाहुशतमुद्यम्य सर्वास्त्रग्रहणं रणे ॥ क्रोधाद्द्वि-गुणरक्ताक्षो विष्णुं वक्षस्यताडयत् ॥ २९ ॥ दानवाश्चापि समरे मयतारपुरोगमाः ॥ उद्यतायुधनिस्त्रिंशा दृष्ट्वा विष्णुमथाद्रवन् ॥ ३० ॥ स ताड्यमा-मानोऽतिबलैर्दैत्यैः सर्वायुधोद्यतैः ॥ न चचाल हरिर्युद्धेऽकम्प्यमान इवाचलः ॥ ३१ ॥ संसक्तश्च सुपर्णेन कालनेमिर्महासुरः ॥ सर्वप्राणेन महतीं गदामुद्यम्य बाहुभिः ॥ ३२ ॥ मुमोच तुलितां घोरां संरब्धो गरुडोपरि ॥ कर्मणा तेन दैत्यस्य विष्णुर्विस्मयमागतः ॥ ३३ ॥ यदा तस्य सुपर्णस्य पतिता मूर्ध्नि सा गदा ॥ तदाऽऽगमत्पदा भूमिं पक्षी व्यथितविग्रहः ॥ ३४ ॥ सुपर्णं व्यथितं दृष्ट्वा क्षतं च वपुरात्मनः ॥ क्रोधात्संरक्तनयनो वैकुण्ठश्चक्रमाददे ॥ ३५ ॥ व्यवर्द्धत च वेगेन सुपर्णेन समं प्रभुः ॥ भुजाश्चास्य व्यवर्धन्त व्याप्नुवन्तो दिशो दश ॥ ३६ ॥ स दिशः प्रदिशश्चैव खं च गां चैव पूरयन् ॥ ववृधे स पुनर्लोकान्क्रान्तुकाम इवौजसा ॥ ३७ ॥ तं जयाय सुरेन्द्राणां वर्द्धमानो नभस्तले ॥ ऋषयः सह गन्धर्वैस्तुष्टुवु-र्मधुसूदनम् ॥ ३८ ॥ स द्यां किरीटेन लिखन्साभ्रमम्बरमम्बरैः ॥ पद्भ्यामाक्रम्य वसुधां दिशः प्रच्छाद्य बाहुभिः ॥ ३९ ॥ सूर्यस्य रश्मितुल्याभं सह-स्रारमरिक्षयम् ॥ दीप्ताग्निसदृशं घोरं दर्शनीयं सुदर्शनम् ॥ ४० ॥ सुवर्णनेमिपर्यन्तं वज्रनाभं भयावहम् ॥ मेदोमज्जास्थिरुधिरैर्दिग्धं दानवसंभवैः

उस समय क्रोधसे उनके नेत्र लाल हो गये ॥ ३५ ॥ अब पक्षिराज गरुड़ तथा विष्णुभगवान दोनोंका शरीर बढ़ने लगा । तदनुसार उनकी भुजायें बढ़कर दसों दिशाओंमें व्याप्त हो गयीं ॥ ३६ ॥ उनका शरीर इतना बढ़ा कि दिशा, विदिशा, भूतल और सारा आकाशमण्डल भर गया । उस समय ऐसा लगा कि मानो सारी त्रिलोकीपर आक्रमण करनेके लिए उनका कलेवर क्रमशः बढ़ रहा है ॥ ३७ ॥ देवताओंकी विजयके लिए बढ़ा हुआ उनका शरीर देखकर आकाशमें स्थित ऋषि और गन्धर्व उनकी जयजयकार करते हुए स्तुति करने लगे ॥३८॥ उस समय भगवानके किरीटमें स्वर्ग, उनके वस्त्रमें मेघयुक्त आकाश, पैरोंमें पृथिवी और बाहुओंमें दसों दिशायें समा गयीं ॥ ३९ ॥ उनके हाथमें सूर्यकिरण सदृश देदीप्यमान, सहस्र धारयुक्त, धधकते अग्निसदृश, घोरदर्शन तथा रिपुमर्दन जो चक्र विराजमान था, वह बड़ा सुन्दर, दृढ़ एवं भयानक था ॥४०॥ उस चक्रकी धार स्वर्णमयी और उसकी नाभि वज्रमयी थी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसमें दानवोंका मेद, अस्थि, मज्जा तथा रुधिर लिपटा हुआ था ॥ ४१ ॥ प्रहारके विषयमें वह अद्वितीय था। उसकी कोर मालाओंके समान विस्तृत तथा छुरेकी धार जैसी तीक्ष्ण थी। वह चक्र सर्वगामी था और प्रयोक्ताकी इच्छाके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म आदि विविध रूप धारण करनेमें समर्थ था ॥४२॥ विधाताने स्वयं उसका निर्माण किया था। कोई भी ऐसा शत्रु नहीं था कि जो उससे न डरता हो। उस चक्रमें ऋषियोंका कोप समाया हुआ था। वह सदा रणमदसे मत्त रहता था ॥४३॥ उस चक्रका निक्षेप करनेपर स्थावर-जगमात्मक तीनों लोक मुग्ध हो जाते थे। उसके चलनेपर समरभूमिमें कच्चा मांस खानेवाले कुत्ते-सियार आदि जीवोंके आनन्दकी सीमा नहीं रहती थी ॥ ४४ ॥ तभी क्रोधोद्दीप्त विष्णुभगवानने उस असाधारण काम करनेवाले चक्रको उठाकर अपने तेजके प्रभावसे दानवोंके तेजका ह्रास करते हुए कालनेमिकी सौ भुजायें और अट्टहास शब्दयुक्त सौ सिर काट डाला ॥४५–४७॥ इस प्रकार हाथ तथा सिर

॥४१॥ अद्वितीयं प्रहारेषु क्षुरपर्यन्तमण्डलम् ॥ स्रग्दाममालाविततं कामगं कामरूपिणम् ॥ ४२ ॥ स्वयं स्वयंभुवा सृष्टं भयदं सर्वविद्विषाम् ॥ महर्षिरोषैराविष्टं नित्यमाहवदर्पितम् ॥ ४३ ॥ क्षेपणाद्यस्य मुह्यन्ति लोकाः सस्थाणुजङ्गमाः ॥ क्रव्यादानि च भूतानि तृप्तिं यान्ति महाहवे ॥ ४४ ॥ तमप्रतिमकर्माणं समानं सूर्यवर्चसा ॥ चक्रमुद्यम्य समरे क्रोधदीप्तो गदाधरः ॥ ४५ ॥ संमुष्णन्दानवं तेजः समरे स्वेन तेजसा ॥ चिच्छेद बाहुं चक्रेण श्रीधरः कालनेमिनः ॥ ४६ ॥ तच्च वक्त्रशतं घोरं साग्निचूर्णाट्टहासिनम् ॥ तस्य दैत्यस्य चक्रेण प्रममाथ बलाद्धरिः ॥ ४७ ॥ स छिन्नबाहुर्विशिरा न प्राकम्पत दानवः ॥ कबन्धावस्थितः संख्ये विशाख इव पादपः ॥ ४८ ॥ तं वितत्य महापक्षी वायोः कृत्वा समं जवम् ॥ उरसा पातयामास गरुडः कालनेमिनम् ॥ ४९ ॥ स तस्य देहो विमुखो विशाखः खात्परिभ्रमन् ॥ निपपात दिवं त्यक्त्वा शोभयन्धरणीतलम् ॥ ५० ॥ तस्मिन्निपतिते दैत्ये देवाः सर्षिगणास्तदा ॥ साधु साध्विति वैकुण्ठं समेताः प्रत्यपूजयन् ॥ ५१ ॥ अपरे ये तु दैत्या वै युद्धे दुष्टपराक्रमाः ॥ ते सर्वे बाहुभिर्व्याप्ता न शेकुश्चलितुं रणे ॥ ५२ ॥ कांश्चित्केशेषु जग्राह कांश्चित्कण्ठेऽभ्यपीडयत् ॥ पाटयत्कस्यचिद्वक्त्रं मध्ये कांश्चिदथाग्रहीत् ॥ ५३ ॥ ते गदाचक्रनिर्दग्धा गतसत्त्वा गतासवः ॥ गगनाद्भ्रष्टसर्वांगा निपेतुर्धरणीतले ॥ ५४ ॥ तेषु सर्वेषु दैत्येषु हतेषु पुरुषोत्तमः ॥ तस्थौ शक्रप्रियं कृत्वा कृतकर्मा गदाधरः ॥ ५५ ॥ तस्मिन्विमर्दे निर्वृत्ते संग्रामे तारकामये ॥ तं देशमाजगामाशु ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ ५६ ॥

कट जानेपर भी वह दैत्य विचलित नहीं हुआ और शाखाहीन वृक्षके समान कबन्धावस्थामें भी खड़ा रह गया ॥ ४८ ॥ तत्काल विनतातनय गरुड़ने अपने पंख फैलाकर वायुसदृश वेगसे अपने वक्षःस्थलका प्रहार करके उसे गिरा दिया। ४९ ॥ जिससे उसका मस्तक तथा भुजविहीन शरीर लुंडमुंड होता हुआ आकाशसे गिरकर धरतीको शोभित करने लगा ॥५०॥ इस प्रकार उसके गिरनेपर ऋषियों और देवताओंने साधु-साधु कहकर श्रीविष्णुभगवानकी सराहना की ॥ ५१ ॥ उधर समरभूमिमें जो दूसरे दैत्य अपने पराक्रमका प्रदर्शन कर रहे थे, वे भी भगवानकी भुजाओंकी चपेटमें आकर निश्चेष्ट हो गये ॥ ५२ ॥ तब भगवानने उन दैत्योंमेंसे कुछके केश पकड़कर, कुछका गला मरोड़कर और बहुतेरे दैत्योंको अपने गदा-चक्र आदि शस्त्रोंसे मार डाला। वे सब मरकर आकाशसे पृथिवीपर आ गिरे ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ इस प्रकार दैत्योंको मारकर पुरुषोत्तम भगवान देवेन्द्रका प्रिय कार्य सम्पन्न करते हुए बड़े

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसन्न मनसे खड़े हो गये ॥५५॥ हे महाराज ! इस तरह उस तारकामय युद्धके समाप्त होनेपर लोकपितामह ब्रह्मा ब्रह्मर्षियों, देवर्षियों, गन्धर्वों तथा अप्सराओंके साथ तुरन्त उस स्थान-पर पहुँचे और देवादिदेव भगवान चक्रपाणिकी अभ्यर्थना करते हुए बोले—॥५६॥५७॥ हे देव ! आज आपने इन दैत्योंका संहाररूपी महान् कार्य सम्पन्न करके देवताओंका बहुत बड़ा कण्टक निकाल फेंका। इससे हमें बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ ५८ ॥ आपने जिस महादैत्यका वध किया है, उसे आपके सिवाय रणभूमिमें और कोई भी नहीं मार सकता था ॥ ५९ ॥ यह कालनेमि सब देवताओं तथा सारे संसारको परास्त करके ऋषियोंको उत्तेजित करता हुआ मेरे ऊपर भी गर्जन-तर्जन करने लगा था ॥ ६० ॥ आपने इस कालस्वरूप कालनेमिका वध कर दिया, आपका यह महान् कार्य देखकर हमलोग बहुत आनन्दित हुए ॥६१॥ सो आइए, अब हमलोग स्वर्ग चलें। वहाँ सभी ब्रह्मर्षि एकत्र होकर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं ॥६२॥ अतएव

सर्वैर्ब्रह्मर्षिभिः सार्धं गन्धर्वैः साप्सरोगणैः ॥ देवदेवो हरिं देवं पूजयन्वाक्यमब्रवीत् ॥ ५७ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ कृतं देव महत्कर्म सुराणां शल्यमुद्धृतम् ॥ वधेनानेन दैत्यानां वयं हि परितोषिताः ॥ ५८ ॥ योऽयं हतस्त्वया विष्णो कालनेमी महासुरः ॥ त्वमेकोऽस्य मृधे हन्ता नान्यः कश्चन विद्यते ॥ ५९ ॥ एष देवान्परिभवँल्लोकांश्च सचराचरान् ॥ ऋषीणां कदनं कृत्वा मामपि प्रतिगर्जति ॥ ६० ॥ तदनेन तवोग्रेण परितुष्टोऽस्मि कर्मणा ॥ यदयं कालतुल्याभः कालनेमी निपातितः ॥ ६१ ॥ तदागच्छस्व भद्रं ते गच्छाम दिवमुत्तमाम् ॥ ब्रह्मर्षयस्त्वां तत्रस्थाः प्रतीक्षन्ते सदोगताः ॥ ६२ ॥ अहं महर्षयश्चैव तत्र त्वां वदतां वर ॥ विधिवच्चार्चयिष्यामि गीर्भिर्दिव्याभिरच्युत ॥ ६३ ॥ किं चाहं तव दास्यामि वरं वरभृतां वर ॥ सुरेष्वपि सदैत्येषु वराणां वरदो भवान् ॥ ६४ ॥ निर्यातयैतत्त्रैलोक्यं स्फीतं निहतकण्टकम् ॥ अस्मिन्नेव मृधे विष्णो शक्राय सुमहात्मने ॥ ६५ ॥ एवमुक्तो भगवता ब्रह्मणा हरिरव्ययः ॥ देवाञ्छक्रमुखान्सर्वानुवाच शुभया गिरा ॥ ६६ ॥ विष्णुरुवाच ॥ श्रूयतां त्रिदशाः सर्वे यावन्तोऽत्र समागताः ॥ श्रवणावहितैर्देहैः पुरस्कृत्य पुरन्दरम् ॥ ६७ ॥ अस्मिन्नः समरे सर्वे कालनेमिमुखा हताः ॥ दानवा विक्रमोपेताः शक्रादपि महत्तराः ॥ ६८ ॥ तस्मिन्महति संक्रन्दे द्वावेव तु विनिःसृतौ ॥ वैरोचनश्च दैत्येन्द्रः स्वर्भानुश्च महाग्रहः ॥ ६९ ॥ तदिष्टां भजतां शक्रो दिशं वरुण एव च ॥ याम्यां यमः पालयतामुत्तरां च धनाधिपः ॥ ७० ॥ ऋक्षैः सह यथायोगं काले चरतु चन्द्रमाः ॥ अब्दं ऋतुमुखं सूर्यो

आप वहाँ चलें। वहाँ मैं तथा सब महर्षि उत्तम स्तुति द्वारा आपकी विधिवत् पूजा करेंगे ॥ ६३ ॥ आप सब देवों और दैत्योंको वर देते हैं। अतएव हम भला आपको क्या वर देंगे ॥ ६ ॥ इस समय सारी त्रिलोकी निष्कण्टक होकर आनन्दित है। सो अब आप चलकर देवराज इन्द्रको त्रिलोकीका राज्य प्रदान कर दीजिए ॥६५॥ ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर अविनाशी विष्णुने इन्द्रादि देवताओंसे यह शुभ बात कही ॥ ६६ ॥ विष्णुभगवान बोले—यहाँ इन्द्र आदि जितने भी देवता उपस्थित हैं, वे सब एकाग्र मनसे मेरी बात सुनें ॥ ६७ ॥ इस संग्राममें इन्द्रसे भी श्रेष्ठ पराक्रमी कालनेमि आदि दैत्योंको मैंने मार डाला है ॥ ६८ ॥ इस महायुद्धमें केवल दो दैत्य बच गये हैं—एक विरोचनतनय राजा बलि और दूसरा महाग्रह राहु ॥ ६९ ॥ अब इन्द्र और वरुण अपनी-अपनी दिशाओंपर पुनः अधिकार कर लें। यमराज दक्षिण तथा धनपति कुबेर उत्तर दिशाका पालन करें ॥ ७० ॥ चन्द्रमा नक्षत्रोंके साथ अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समयपर परिभ्रमण करें और सूर्य अपने अयनमें स्थित होकर ऋतुओंका विभाजन करते हुए संवत्सरका निर्माण करें ॥ ७१ ॥ ब्राह्मण वैदिक विधिके अनुसार सदस्यपूजित तथा हविर्भोजी तीनों अग्नियोंको आहुति प्रदान करें ॥ ७२ ॥ बलि-होम द्वारा देवता, स्वाध्याय द्वारा ऋषिगण एवं श्राद्ध द्वारा पितर आनन्दपूर्वक परितृप्त हों ॥ ७३ ॥ वायुदेव अपने पथपर प्रवाहित हो, अग्नि गार्हपत्यादि रूपोंको धारण करके प्रज्वलित हों और तीनों लोकोंके लोग तीनों वर्णोंके स्वाभाविक गुणोंका अनुसरण करें ॥ ७४ ॥ दीक्षाग्रहणके योग्य द्विजाति यज्ञ आरम्भ करें। यज्ञका अनुष्ठान करनेवाले लोग जितनी दक्षिणा देनेके लिए आज्ञा दें, उतनी दक्षिणा दी जाय ॥ ७५ ॥ सूर्यदेव अपने शुभ कर्मों द्वारा सब जीवोंके नेत्रों, चन्द्रमा अन्नादि रसों एवं वायु सबके जीवनको तृप्त करें ॥ ७६ ॥ इन्द्रके बरसाये जलसे त्रिलोकीकी जननीस्वरूपा जितनी नदियाँ निकलती हैं, वे सब पहलेकी तरह बहती हुई समुद्रमें जा गिरें ॥ ७७ ॥

भजतामयनैः सह ॥ ७१ ॥ आज्यभागाः प्रवर्त्तन्तां सदस्यैरभिपूजिताः ॥ हूयन्तामग्नयो विप्रैर्वेददृष्टेन कर्मणा ॥ ७२ ॥ देवाश्च बलिहोमेन स्वाध्यायेन महर्षयः ॥ श्राद्धेन पितरश्चैव तृप्तिं यान्तु यथासुखम् ॥ ७३ ॥ वायुश्चरतु मार्गस्थस्त्रिधा दीप्यतु पावकः ॥ त्रयो वर्णाश्च लोकांस्त्रीन्वर्द्धयन्त्वात्मजैर्गुणैः ॥ ७४ ॥ क्रतवः संप्रवर्त्तन्तां दक्षिणीयैर्द्विजातिभिः ॥ दक्षिणाश्चोपवर्त्तन्तां यथार्हं सर्वसत्रिणाम् ॥ ७५ ॥ गाश्च सूर्यो रसान्सोमो वायुः प्राणांश्च प्राणिषु ॥ तर्पयन्तः प्रवर्त्तन्तां शिवैः सौम्यैश्च कर्मभिः ॥ ७६ ॥ यथावदानुपूर्व्येण महेन्द्रसलिलोद्भवाः ॥ त्रैलोक्यमातरः सर्वाः सागरं यान्तु निम्नगाः ॥ ७७ ॥ दैत्येभ्यस्त्यज्यतां भीश्च शान्तिं व्रजत देवताः ॥ स्वस्ति वोऽस्तु गमिष्यामि ब्रह्मलोकं सनातनम् ॥ ७८ ॥ स्वगृहे सर्वलोके वा संग्रामे वा विशेषतः ॥ विश्रम्भो हि न मन्तव्यो नित्यं क्षुद्रा हि दानवाः ॥ ७९ ॥ छिद्रेषु प्रहरन्त्येते न चैषां संस्थितिर्ध्रुवा ॥ सौम्यानामृजुभावानां भवतां चार्जवे मतिः ॥ ८० ॥ अहं तु दुष्टभावानां युष्मासु सुदुरात्मनाम् ॥ असम्यग्वर्त्तमानानां मोहं दास्यामि देवताः ॥ ८१ ॥ यदा च सुदुराधर्षं दानवेभ्यो भयं भवेत् ॥ तदा समुपगम्याशु विधास्ये वस्ततोऽभयम् ॥ ८२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा सुरगणान्विष्णुः सत्यपराक्रमः ॥ जगाम ब्रह्मणा सार्धं ब्रह्मलोकं महायशाः ॥ ८३ ॥ एतदाश्चर्यमभवत्संग्रामे तारकामये ॥ दानवानां च विष्णोश्च यन्मा त्वं परिपृच्छसि ॥ ८४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि कालनेमिवधो नामाष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

हे देवताओं! अब तुम दैत्योंका भय त्यागकर शान्ति प्राप्त करो। तुम्हारा कल्याण हो। अब मैं सनातन ब्रह्मलोकको जा रहा हूँ ॥ ७८ ॥ दानव बड़े मायावी होते हैं। इसलिए घर, स्वर्गलोक तथा विशेष करके युद्धभूमिमें कभी भी उनपर विश्वास न करना ॥ ७९ ॥ ये लोग तनिक भी छिद्र पाते ही अनर्थ उपस्थित कर देते हैं। इनके लिए किसी मर्यादाका पालन असम्भव है। तुम अत्यन्त शान्तस्वभाव और सरल प्रकृतिके हो ॥ ८० ॥ ये दुष्ट तथा दुरात्मा दानव जब कभी तुमपर अत्याचार करेंगे और तुम उनसे बहुत डर जाओगे, तब मैं आकर तुम्हें शीघ्र उनसे निर्भय कर दूँगा ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवताओंसे ऐसा कहकर सत्यपराक्रम तथा यशस्वी विष्णुभगवान ब्रह्माजीके ब्रह्मलोकको चले गये ॥ ८३ ॥ तारकामय युद्धमें दानवों तथा विष्णुभगवानके विषयमें आपने मुझसे जो जिज्ञासा की थी, उस आश्चर्यभरी घटनाका मैंने वर्णन किया ॥ ८४ ॥ इति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

(राजा जनमेजयका वैशम्पायनसे विष्णुविषयक प्रश्न) जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! दैत्यविनाशके बाद देवदेव ब्रह्माके साथ ब्रह्मलोक जाकर विष्णुभगवानने क्या किया ? ॥ १ ॥ कमलयोनि देवादिदेव ब्रह्मा किसलिए उन्हें ब्रह्मलोक ले गये ? ॥ २ ॥ भगवान ब्रह्मलोकके किस स्थानपर गये, उन्होंने वहाँ किस योगका अवलम्बन किया और किस नियमको धारण किया ? ॥३॥ वहाँ रहते समय तीनों लोकोंको देव-दानव तथा मनुष्यों द्वारा पूजित श्रीलक्ष्मी कैसे प्राप्त हुई ? ॥४॥ वे भगवान् ग्रीष्म ऋतुके अन्तमें क्यों सो जाते हैं और वरसातके अन्तमें क्यों उठते हैं ? ब्रह्मलोकमें रहते समय वे त्रिलोकीका कार्य कैसे चलाते हैं ? ॥५॥ हे विप्रेन्द्र ! मैं उन भगवानके दिव्य चरित्रोंको विस्तृतरूपसे आद्योपान्त जानना चाहता हूँ ॥६॥ वैशम्पायन बोले—राजन् ! विष्णुभगवानने ब्रह्माके साथ जाकर वहाँ जो कार्य किया, पहले उसीको मैं विस्तृतरूपसे आपको बता रहा हूँ, सुनिए ॥ ७ ॥ किन्तु उनके चरित्रका विषय

जनमेजय उवाच ॥ ब्रह्मणा देवदेवेन सार्द्धं सलिलयोनिना ॥ ब्रह्मलोकं गतो ब्रह्मन्वैकुण्ठः किं चकार ह ॥ १ ॥ किमर्थं चादिदेवेन नीतः कमलयोनिना ॥ विष्णुर्दैत्यवधे वृत्ते देवैश्च कृतसत्क्रियः ॥ २ ॥ ब्रह्मलोके च किं स्थानं कं वा योगमुपास्त सः ॥ कं वा दधार नियमं स विभुर्भूतभावनः ॥ ३ ॥ कथं तस्यासतस्तत्र विश्वं जगदिदं महत् ॥ श्रियमाप्नोति विपुलां सुरासुरनरार्चिताम् ॥ ४ ॥ कथं स्वपिति घर्मान्ते बुध्यते चाम्बुदप्लवे ॥ कथं च ब्रह्मलोकस्थो धुरं वहति लौकिकीम् ॥ ५ ॥ चरितं तस्य विप्रेन्द्र दिव्यं भगवतो दिवि ॥ विस्तरेण यथातत्त्वं सर्वमिच्छामि वेदितुम् ॥ ६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु नारायणस्यादौ विस्तरेण प्रवृत्तयः ॥ ब्रह्मलोकपथारूढो ब्रह्मणा सह मोदते ॥ ७ ॥ कामं तस्य गतिः सूक्ष्मा देवैरपि दुरासदा ॥ यत्तु वक्ष्याम्यहं राजंस्तन्मे निगदतः शृणु ॥ ८ ॥ एष लोकमयो देवो लोकाश्चैतन्मयास्त्रयः ॥ एष देवमयश्चैव देवाश्चैतन्मया दिवि ॥९॥ तस्य पारं न पश्यन्ति बहवः पारचिन्तकाः ॥ तत्तु पारं परं चैव लोकानां वेद माधवः ॥१०॥ अस्य देवान्धकारस्य मार्गितव्यस्य दैवतैः ॥ शृणु वै यत्तदा वृत्तं ब्रह्मलोके पुरातनम् ॥ ११ ॥ स गत्वा ब्रह्मणो लोकं दृष्ट्वा पैतामहं पदम् ॥ ववन्दे तानृषीन्सर्वान्विष्णुरार्षेण कर्मणा ॥ १२ ॥ सोऽग्निं प्राक्सवने दृष्ट्वा हूयमानं महर्षिभिः ॥ अवन्दत महातेजाः कृत्वा पौर्वाह्णिकीं क्रियाम् ॥ १३ ॥ स ददर्श मखे-

बहुत गूढ़ है । यहाँ तक कि देवता भी उन चरित्रोंका रहस्य नहीं जान पाते । फिर भी मैं यथासाध्य वर्णन कर रहा हूँ, सुनिए ॥ ८ ॥ देवादिदेव नारायण स्वयं लोकमय हैं और तीनों लोक नारायणमय हैं । इसी प्रकार वे स्वर्गमें देवमय हैं और सारा स्वर्ग नारायणमय है ॥ ९ ॥ अनेक पारचिन्तक महापुरुष प्रयत्न करके भी उनका पार नहीं पा सके । किन्तु वे समस्त त्रिलोकीकी सीमा और उसका तत्त्व जानते हैं ॥१०॥ वे महाप्रभु मन और वाणीसे परे हैं और देवता भी नित्य उनके अन्वेषणमें लगे रहते हैं । अब मैं उनके पुरातन ब्रह्मलोकका वृत्तान्त बताता हूँ, सुनिए ॥ ११ ॥ ब्रह्मलोकमें जाकर विष्णुभगवानने सर्वप्रथम उस लोकका निरीक्षण किया । इसके बाद उन्होंने आर्षविधिसे वहाँके ऋषियोंकी वन्दना की ॥ १२ ॥ वहाँ उन्होंने देखा कि महर्षिगण प्रातःकालीन यज्ञमें आहुतियें दे रहे हैं । उस प्रातःकृत्यकी समाप्तिपर उन्होंने अग्निदेवको प्रणाम किया ॥ १३ ॥ जो अग्निदेव यज्ञमें ऋषियों द्वारा

३२

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आवाहित होकर यज्ञभाग ग्रहण करते हैं, वे नारायणके रूपान्तरमात्र हैं ॥ १४ ॥ वे अचिन्त्यस्वरूप नारायण पूज्य तथा ब्रह्मवर्चस्वी ऋषियोंकी वन्दना करके ब्रह्मलोकमें भ्रमण करने
लगे ॥ १५ ॥ भ्रमण करते समय उन्होंने देखा कि ब्रह्मर्षियों द्वारा चिह्नित एवं चषालाग्रविभूषित ऊँचे-ऊँचे यूप (यज्ञस्तम्भ) विद्यमान हैं ॥ १६ ॥ घृतके धुएँकी सुगन्धि फैल रही है।
द्विजगण वेदपाठ कर रहे हैं और नारायणके प्रीत्यर्थ यज्ञ हो रहे हैं। यह समारोह देखकर वे वहीं विचरने लगे ॥१७॥ वहाँ उपस्थित ऋषि, सदस्य और देवता पवित्र अन्तःकरणसे अपने
पुनीत हाथोंमें अर्घ्य लेकर बोले—॥ १८ ॥ हे केशव ! हम लोग जो भी कार्य कर चुके हैं और जो कर रहे हैं, उन सबमें आपकी सहायता अपेक्षित है ॥१९॥ विद्वान् लोग जो जगत्को
अग्नि तथा चन्द्रमासे उत्पन्न बताते हैं, सो अग्नि, सोमदेव तथा यह जगत् आपसे ही उत्पन्न हुए हैं ॥२०॥ जैसे दूधसे दही बनता है और दहीसे घी निकलता है, उसी प्रकार ध्यानबलसे
देह-इन्द्रिय आदि सब अवयवोंका एकीकरण करके ज्ञाननेत्रसे देखा जाय तो यह स्पष्ट हो जायगा कि एकमात्र जनार्दनसे ही इस जगत्की उत्पत्ति हुई है ॥ २१ ॥ जैसे परमात्मा स्वयं

स्वाज्यैरिज्यमानं महर्षिभिः ॥ भागं यज्ञियमश्नानं स्वदेहमपरं स्थितम् ॥१४॥ अभिवाद्याभिवाद्यानामृषीणां ब्रह्मवर्चसाम् ॥ परिचक्राम सोऽचिन्त्यो
ब्रह्मलोकं सनातनम् ॥ १५ ॥ स ददर्शोच्छ्रितान्यूपांश्चषालाग्रविभूषितान् ॥ मखेषु त्र ब्रह्मर्षिभिः शतशः कृतलक्षणान् ॥ १६ ॥ आज्यधूमं
समाघ्राय शृण्वन्वेदान्द्विजेरितान् ॥ यज्ञैरिज्यं तमात्मानं पश्यंस्तत्र चचार ह ॥ १७ ॥ ऊचुस्तमृषयो देवाः सदस्याः सदसि स्थिताः ॥ अर्घोद्यत-
भुजाः सर्वे पवित्रान्तरपाणयः ॥ १८ ॥ देवेषु वर्त्तते यद्वै तद्धि सर्वं जनार्दनात् ॥ यत्प्रवृत्तं च देवेभ्यस्तद्विद्धि मधुसूदनात् ॥ १९ ॥ अग्नीषो-
ममयं लोकं यं विदुर्विदुषो जनाः ॥ तं सोममग्निं लोकं च वेद विष्णुं सनातनम् ॥ २० ॥ क्षीराद्यथा दधि भवेद्दध्नः सर्पिर्भवेद्यथा ॥ मथ्यमानेषु
लोकेषु तथा लोका जनार्दनात् ॥ २१ ॥ यथेन्द्रियैश्च भूतैश्च परमात्माऽभिधीयते ॥ तथा देवैश्च वेदैश्च लोकैश्च विहितो हरिः ॥ २२ ॥ यथा
भूतेन्द्रियावाप्तिर्विहिता भुवि देहिनाम् ॥ तथा प्राणेश्वरावाप्तिर्देवानां दिवि वैष्णवी ॥ २३ ॥ सत्रिणां सत्रफलदः पवित्रं परमात्मवान् ॥ लोकतन्त्र-
धरो ह्येष मन्त्रैर्मन्त्र इवोच्यते ॥ २४ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ स्वागतं ते सुरश्रेष्ठ पद्मनाभ महाद्युते ॥ इदं यज्ञियमातिथ्यं मन्त्रतः प्रतिगृह्यताम् ॥ २५ ॥
त्वमस्य यज्ञपूतस्य पात्रं पाद्यस्य पावनः ॥ अतिथिस्त्वं हि मन्त्रोक्तः संदृष्टः सततं मतः ॥ २६ ॥ त्वयि योद्धुं गते विष्णौ न प्रावर्त्तन्त नः

दिखायी नहीं देता, फिर भी जीव अपनी इन्द्रियों द्वारा उसे जान लेता है। उसी प्रकार नारायण अगोचर होते हुए भी सभी देवताओं तथा मनुष्योंको भली-भाँति जानते हैं ॥ २२ ॥
जैसे इस पृथिवीपर पंचमहाभूतसे जीवोंका भूतेन्द्रिय-सम्बन्ध स्थापित होता है। उसी प्रकार स्वर्गमें देवताओंका भी नारायणसे बल तथा ऐश्वर्यसम्बन्ध उत्पन्न होता है ॥ २३ ॥ वे
भगवान् याज्ञिकोंके यज्ञफलदाता, पवित्र, स्वतंत्र और लोकपालक हैं। जैसे मंत्रद्वारा मंत्रकी अर्चना होती है, उसी प्रका रनारायणके द्वारा ही नारायणकी पूजा होती है ॥ २४ ॥ हे
राजन् ! तदनन्तर स्वागतप्रश्नके पश्चात् महाद्युति नारायणको सम्बोधन करके मुनियोंने उनसे कहा—हे पद्मनाभ ! आप मेरे इस समन्त्रक यज्ञीय आतिथ्यको स्वीकार करें ॥ २५ ॥
आप इस यज्ञपूत पाद्यको पानेके अधिकारी हैं। हम जानते हैं कि आप हमारे मंत्रोक्त चिरन्तन अतिथि हैं ॥ २६ ॥ आपके युद्धमें चले जानेपर हमारा कर्मकाण्ड रुक गया था। क्योंकि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हमें यह विश्वास है कि विष्णुभगवानसे हीन यज्ञकार्य व्यर्थ हो जाता है ॥ २७ ॥ यज्ञका दक्षिणान्त कार्य पूर्ण हो जानेपर आपके द्वारा ही यज्ञका फल मिलता है। अतएव आज हम आपका ही यज्ञ प्रारम्भ करते हैं ॥ २८ ॥ हे महाराज! भगवान नारायणने उन ऋषियोंसे 'तथास्तु' कहकर प्रत्यभिवादन किया और ब्रह्माजी परम आनन्दके साथ ब्रह्मलोकमें रहने लगे ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

(पृथिवीके दुःखसे दुखी ऋषियोंकी ब्रह्मलोकयात्रा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार उन ब्रह्मर्षियोंसे सत्कृत होकर विष्णुभगवान उस सभामें उपस्थित मुनियोंसे विदा ले तथा कमलयोनि ब्रह्माको नमस्कार करके बड़ी प्रसन्नताके साथ पुराणप्रसिद्ध तथा स्वनामविख्यात गुह्यतम अपने नारायणश्रममें प्रविष्ट हुए ॥ १ ॥ २ ॥

क्रियाः ॥ अवैष्णवस्य यज्ञस्य न हि कर्म विधीयते ॥ २७ ॥ सदक्षिणस्य यज्ञस्य त्वत्प्रसूतिः फलं भवेत् ॥ अद्यात्मानमिहास्माभिरिज्यमानं निरीक्ष्यसे ॥ २८ ॥ एवमस्त्विति तान्सर्वान्भगवान्प्रत्यपूजयत् ॥ मुमुदे ब्रह्मलोकस्थो ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि लोकवर्णनं नाम एकोनपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ऋषिभिः पूजितस्तैस्तु विवेश हरिरीश्वरः ॥ पौराणं ब्रह्मसदनं दिव्यं नारायणाश्रमम् ॥१॥ स तद्विवेश हृष्टात्मा तानामन्त्र्य सदोगतान् ॥ प्रणम्य चादिदेवाय ब्रह्मणे पद्मयोनये ॥ २ ॥ स्वेन नाम्ना परिज्ञातं स तं नारायणाश्रमम् ॥ प्रविशन्नेव भगवानायुधानि व्यसर्जयत् ॥ ३ ॥ स तत्राम्बुपतिप्रख्यं ददर्शालयमात्मनः ॥ स्वधिष्ठितं देवगणैः शाश्वतैश्च महर्षिभिः ॥ ४ ॥ संवर्त्तकाम्बुदोपेतं नक्षत्रस्थानसंकुलम् ॥ तिमिरौघपरिक्षिप्तमप्रधृष्यं सुरासुरैः ॥ ५ ॥ न तत्र विषयो वायोर्नेन्दोर्न च विवस्वतः ॥ वपुषः पद्मनाभस्य स देशस्तेजसाऽऽवृतः ॥ ६ ॥ स तत्र प्रविशन्नेव जटाभारं समुद्वहन् ॥ सहस्रशीर्षो भूत्वा तु शयनायोपचक्रमे ॥ ७ ॥ लोकानामन्तकालज्ञा काली नयनशालिनी ॥ उपतस्थे महात्मानं निद्रा तं कालरूपिणी ॥ ८ ॥ स शिश्ये शयने दिव्ये समुद्राम्भोदशीतले ॥ हरिरेकार्णवोक्तेन व्रतेन व्रतिनां वरः ॥ ९ ॥ तं शयानं महा-

वहाँ पहुँच तथा अस्त्र-शस्त्रका परित्याग करके उन्होंने देखा कि समुद्रकी तरह उमड़ते हुए देवताओं तथा शाश्वत ऋषियोंका समुदाय उनके आश्रमपर उपस्थित है ॥ ३ ॥ ४ ॥ वह स्थान प्रलयकालीन सम्वर्तक मेघसे पूर्ण, ज्योतिश्चक्रसे भरा, घोरतर तिमिरसे आच्छन्न और देवताओं तथा दैत्योंके लिए भी अगम्य था ॥ ५ ॥ वहाँ सूर्य, चन्द्र और वायुकी गति नहीं थी। वह स्थान श्रीविष्णुभगवानके ही तेजसे देदीप्यमान था ॥ ६ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने जटाभार धारण कर लिया और सहस्रमस्तक होकर शयन करनेका उपक्रम करने लगे ॥ ७ ॥ इसी समय सब लोकोंका अन्तकाल उपस्थित देखकर नयनविहारिणी तथा कालरूपिणी निद्रादेवी भी भगवानकी उपासना करने लगी ॥ ८ ॥ व्रतधारियोंमें अग्रगण्य विष्णुभगवान एकार्णवके नियमानुसार मेघसदृश शीतल और आनन्ददायक शय्यापर लेटे ॥ ९ ॥ उस समय सभी देवता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और ऋषि जगत्की उत्पत्तिके लिए शयन करते हुए महात्मा विष्णुभगवानकी उपासना करने लगे ॥ १० ॥ उस निद्रितावस्थामें ही उनकी नाभिसे सूर्यके समान तेजस्वी, सहस्रपत्रयुक्त और सुन्दर वर्णका एक कमल उत्पन्न हुआ ॥ ११ ॥ यह कमल ही ब्रह्माजीका उत्पत्तिस्थान था। वे भगवान विष्णु निद्रितावस्थामें ही हाथ उठाकर ब्रह्मसूत्रके सहारे सब लोकोंकी पर्यालोचना करने लगे ॥ १२ ॥ जिस तरह नारायण द्वारा ब्रह्माकी उत्पत्ति हुई थी, उसी प्रकार ब्रह्माके मुखसे निःसृत निःश्वासवायुसे सभी प्रजाजन उत्पन्न हो गये ॥ १३ ॥ तदनन्तर प्रजापतियोंसे उत्पन्न प्रजा ब्रह्मनिर्मित ब्राह्मणादि चार वर्णोंमें विभक्त होकर वेदोक्त कर्मानुसार स्वधर्मनिष्ठ होकर ईश्वरचिन्तनमें लीन हो गयो ॥ १४ ॥ स्वयं ब्रह्माजी और सब ब्रह्मर्षियोंमेंसे कोई भी उन तिमिरमय एवं योगनिद्रागत भगवान विष्णुके स्वरूपको नहीं जान सका ॥ १५ ॥ यहाँतक कि वे यह भी नहीं जान पाये कि भगवान कहाँ सोते हैं, कहाँ

त्मानं भवाय जगतः प्रभुम् ॥ उपासांचक्रिरे विष्णुं देवाः सर्षिगणास्तथा ॥ १० ॥ तस्य सुप्तस्य शुशुभे नाभिमध्यात्समुत्थितम् ॥ आद्यं तस्यासनं पद्मं ब्रह्मणः सूर्यवर्चसम् ॥ सहस्रपत्रं वर्णाढ्यं सुकुमारं विभूषितम् ॥११॥ ब्रह्मसूत्रोद्यतकरः स्वपन्नेव महामुनिः ॥ आवर्त्तयति लोकानां सर्वेषां कालपर्ययम् ॥ १२ ॥ विवृतात्तस्य वदनान्निःश्वासपवनेरिताः ॥ प्रजानां पंक्तयो ह्युच्चैर्निष्पतन्त्युत्पतन्ति च ॥ १३ ॥ ते सृष्टाः प्राणिनो मेध्या विभक्ता ब्रह्मणा स्वयम् ॥ चतुर्द्धा स्वां गतिं जग्मुः कृतान्तोक्तेन कर्मणा ॥ १४ ॥ न तं वेद स्वयं ब्रह्मा नापि ब्रह्मर्षयोऽव्ययाः ॥ विष्णोर्निद्रामयं योगं प्रविष्टं तमसाऽऽवृतम् ॥ १५ ॥ ते तु ब्रह्मर्षयः सर्वे पितामहपुरोगमाः ॥ न विदुस्तं क्वचित्सुप्तं क्वचिदासीनमासने ॥ १६ ॥ जागर्ति कोऽत्र कः शेते कश्च शक्तश्च नेङ्गते ॥ को भोगवान्को द्युतिमान्कृष्णात्कृष्णतरश्च कः ॥ १७ ॥ विमृशन्ति स्म तं देवा दिव्याभिरुपपत्तिभिः ॥ न चैनं शेकुरन्वेष्टुं कर्मतो जन्मतोऽपि वा ॥ १८ ॥ गाथाभिस्तत्प्रदिष्टाभिर्ये तस्य चरितं विदुः ॥ पुराणास्ते पुराणेषु ऋषयः संप्रचक्षते ॥ १९ ॥ श्रूयते चास्य चरितं देवेष्वपि पुरातनम् ॥ महापुराणात्प्रभृति परं तस्य न विद्यते ॥२०॥ यच्चास्य देवदेवस्य चरितं स्वप्रभावजम् ॥ तेनेमाः श्रुतयो व्याप्ता वैदिक्यो लौकिकाश्च याः ॥२१॥ भवकाले भवत्येष लोकानां लोकभावनः ॥ दानवानामभावाय जागर्ति मधुसूदनः ॥२२॥ यत्रैनं वीक्षितुं

बैठते हैं, कब जागते हैं और कब निद्रित होते हैं। उनकी सुप्तावस्थामें ज्ञात-अज्ञात सब जीव कैसे द्युतिमान्, भोगवान् तथा कैसे सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर हो जाते हैं, इन बातोंको कोई नहीं जान सका ॥ १६ ॥ १७ ॥ देवता उत्कृष्ट युक्तियों द्वारा उनके विषयमें अनेक प्रकारके तर्क करते हैं, किन्तु उनके जन्म-कर्मके तत्त्वको कोई नहीं जान सका ॥ १८ ॥ केवल पुरातन ऋषिगण जिन मन्त्रोंका निर्देश कर गये हैं, उन्हींके द्वारा भगवान्के विषयमें कुछ जानकारी प्राप्त करके लोग यथाशक्ति उनके गुणोंका वर्णन करते हैं ॥ १९ ॥ वेदों और पुराणों द्वारा अवश्य उन भगवानके पुरातन चरित्र सुने जाते हैं, किन्तु उनका यथार्थ निर्देश नहीं मिलता ॥ २० ॥ उनके स्वभावसिद्ध चरित्रोंसे ही सब वैदिक और लौकिल श्रुतियाँ भरी पड़ी हैं ॥२१॥ वे भूतभावन भगवान सब जीवोंका कल्याण करनेके लिए समय-समयपर अवतीर्ण होते रहते हैं। हाँ, दानवोंका विनाश करनेके लिए वे सदा जागृत रहते हैं ॥२२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अवतारकालमें भी वे आषाढ़से कार्तिक तक नेत्र मूँदकर सोये रहते हैं और वर्षाकाल बीतते ही आँखें खोल देते हैं ॥ २३ ॥ वास्तवमें वे भगवान ही सभी यज्ञ, यज्ञाङ्ग, यज्ञगति और वेदस्वरूप हैं ॥२४॥ ग्रीष्मान्तमें भगवानके सो जानेपर सब मन्त्रपूत यज्ञ-यागादि कार्य बन्द रहते हैं, किन्तु शरद् ऋतुमें वाजपेयादि यज्ञोंका प्रारम्भ होनेपर वे जाग जाते हैं ॥ २५ ॥ विष्णुभगवानके सो जानेपर मेघोंके अधिपति इन्द्रदेव उनका सब कार्य करते हुए वार्षिक कर्मचक्रका संचालन करते हैं ॥ २६ ॥ भगवानकी तमोमयी माया ही संसारमें निद्रा कहलाती है। वह निद्रा ही व्यर्थ द्वन्द्वपरायण राजाओंकी कालरात्रि होती है ॥२७॥ उनकी वह तमोमयी माया दिवसनाशिनी रात्रि बन तथा निद्रारूपमें परिणत होकर भूतलके सब जीवोंको मुग्ध करके उनका आधा जीवन नष्ट कर देती है ॥ २८ ॥ जिनके शरीरमें निद्रा प्रविष्ट हो जाती है, वे महासमुद्रमें डूबते हुए मनुष्योंके समान बार-बार जम्हाई लेकर सो जाते हैं ॥ २९ ॥

देवा न शेकुः सुप्तमव्ययम् ॥ ततः स्वपिति घर्मान्ते जागर्ति जलदक्षये ॥ २३ ॥ स हि वेदांश्च यज्ञांश्च यज्ञाङ्गानि च सर्वशः ॥ या तु यज्ञगतिः प्रोक्ता स एव पुरुषोत्तमः ॥२४॥ तस्मिन्सुप्ते न वर्त्तन्ते मन्त्रपूताः क्रतुक्रियाः ॥ शरत्प्रवृत्तयज्ञोऽयं जागर्ति मधुसूदनः ॥२५॥ तदिदं वार्षिकं चक्रं कारयत्यम्बुदेश्वरः ॥ वैष्णवं कर्म कुर्वाणः सुप्ते विष्णौ पुरंदरः ॥ २६ ॥ या ह्येषा गह्वरा माया निद्रेति जगति स्थिता ॥ साऽकस्माद्द्वेषिणी घोरा कालरात्रिर्महीक्षिताम् ॥२७॥ तस्यास्तनुस्तमोद्वारा निशा दिवसनाशिनी ॥ जीवितार्द्धहरा घोरा सर्वप्राणभृतां भुवि ॥ २८ ॥ नैतया कश्चिदाविष्टो जृम्भमाणो मुहुर्मुहुः ॥ शक्तः प्रसहितुं वेगं मज्जन्निव महार्णवे ॥ २९ ॥ अन्नजा भुवि मर्त्यानां श्रमजा वा कथंचन ॥ सैषा भवति लोकस्य निद्रा सर्वस्य लौकिकी ॥ ३० ॥ स्वप्नान्ते क्षीयते ह्येषा प्रायशो भुवि देहिनाम् ॥ मृत्युकाले च भूतानां प्राणान्नाशयते भृशम् ॥ ३१ ॥ देवेष्वपि दधारैनां नान्यो नारायणादृते ॥ सखी सर्वहरस्यैषा माया विष्णुशरीरजा ॥ ३२ ॥ सैषा नारायणमुखे दृष्टा कमललोचना ॥ लोकानल्पेन कालेन ग्रसते लोकमोहिनी ॥ ३३ ॥ एवमेषा हितार्थाय लोकानां कृष्णवर्त्मना ॥ ध्रियते सेवनीया हि पत्येव च पतिव्रता ॥ ३४॥ स तया निद्रयाच्छन्नस्तस्मिन्नारायणाश्रमे ॥ शेते विभुः सदा विष्णुर्मोहयञ्जगदव्ययः ॥ ३५॥ तस्य वर्षसहस्राणि शयानस्य महात्मनः ॥ जग्मुः कृतयुगं चैव त्रेता चैव युगोत्तमम् ॥ ३६ ॥ स तु द्वापरपर्यन्ते ज्ञात्वा लोकान्सुदुःखितान् ॥ प्राबुध्यत महातेजाः स्तूयमानो महर्षिभिः ॥३७॥ ऋषय ऊचुः ॥

दिनभरकी थकावट मिटाने तथा खाये हुए अन्नको पचानेके लिए रात्रिके समय प्रायः सब लोगोंपर निद्राका आक्रमण होता ही है ॥ ० ॥ रात्रिका अन्त होनेपर निद्रा भी समाप्त हो जाती है। किन्तु जब संसारी जीवोंका अन्तकाल आता है तो यह निद्रा ही उनके प्राण ले लेती है ॥ ३१ ॥ भगवानके शरीरसे उत्पन्न यह निद्रारूपिणी माया सर्वसंहारकारी कालकी अतीव प्रिय सखी है ॥ ३२ ॥ यह कमललोचना तथा भूतमोहिनी निद्रा शीघ्र जीवोंको मोहमें डाल देती है ॥ ३३ ॥ जब संसारका कल्याण करनेके लिए स्वयं भगवान इसे धारण करते हैं, तब सभी लोगोंका यह कर्तव्य हो जाता है कि वे पतिव्रता पत्नीके समान प्रिय समझकर इसकी सेवा करें ॥ ३४ ॥ सो अविनाशी भगवान विष्णु अपने नारायणाश्रममें उसी निद्रासे अभिभूत हो तथा समस्त विश्वको मोहमें डालकर शयन करने लगे ॥ ३५ ॥ सोते-सोते सत्य-त्रेतायुगके साथ एक हजार दिव्य वर्ष व्यतीत हो गये ॥ ३६ ॥ द्वापर युगके अन्तमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब जीवोंको अत्यधिक दुखी जानकर महर्षियोंके स्तुति करनेपर वे जागे ॥ ३७ ॥ ऋषिगण बोले—हे हृषीकेश ! अब आप उपभुक्त मालाके समान निद्राको त्यागिए । इधर देखिए—ब्रह्मज्ञ, ब्रह्मवादी एवं व्रतपरायण ऋषिगण तथा ब्रह्माजीके साथ सब देवता आपके दर्शनोंकी आकांक्षासे स्तुति कर रहे हैं ॥३८॥३९॥ हे भूतभावन ! आप अपने आत्मस्वरूप पृथिवी, आकाश, अग्नि, वायु तथा जलके अधिष्ठातास्वरूप देवताओंके शुभ वाक्य सुनें ॥ ४० ॥ इधर मुनियोंके साथ सप्तर्षि दिव्य अर्थयुक्त वचनों तथा गेय छन्दों द्वारा आपकी स्तुति कर रहे हैं ॥ ४१ ॥ हे कमलनयन ! हे शतपत्राक्ष !! हे महातेजस्विन् !!! किसी बड़े कार्यवश इन देवताओंका कोई विशेष प्रयोजन आ उपस्थित हुआ है । अतएव आप उठें ॥ ४२ ॥ वैशम्पायन बोले—राजन् ! इन वाक्योंको सुनकर भगवान हृषीकेशने विस्तृत जलराशिको समेट लिया और अपने दिव्य प्रकाशसे अन्धकार नष्ट करते हुए शय्यासे उठे ॥ ४३ ॥ उठते ही

जहीहि निद्रां सहजां भुक्तपूर्वामिव स्रजम् ॥ इमे ते ब्रह्मणा सार्द्धं देवा दर्शनकांक्षिणः ॥ ३८ ॥ इमे त्वां ब्रह्मविद्वांसो ब्रह्मसंस्तववादिनः ॥ वर्द्धयन्ति हृषीकेशं ऋषयः संशितव्रताः ॥ ३९ ॥ एतेषामात्मभूतानां भूतानां भूतभावन ॥ शृणु विष्णो शुभा वाचो भूव्योमाग्न्यनिलाम्भसाम् ॥ ४० ॥ इमे त्वां सप्त मुनयः सहिता मुनिमण्डलैः ॥ स्तुवन्ति देवा दिव्याभिर्गेयाभिर्गीर्भिरञ्जसा ॥ ४१ ॥ उत्तिष्ठ शतपत्राक्ष पद्मनाभ महाद्युते ॥ कारणं किञ्चिदुत्पन्नं देवानां कार्यगौरवात् ॥ ४२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ स संक्षिप्य जलं सर्वं तिमिरौघं विदारयन् ॥ उदतिष्ठद्धृषीकेशः श्रिया परमया ज्वलन् ॥ ४३ ॥ स ददर्श सुरान्सर्वान्समेतान्सपितामहान् ॥ विवक्षतः प्रक्षुभिताञ्जगदर्थे समागतान् ॥ ४४ ॥ तानुवाच हरिर्देवो निद्राविश्रान्तलोचनः ॥ तत्त्वदृष्टार्थया वाचा धर्महेत्वर्थयुक्तया ॥४५॥ श्रीभगवानुवाच ॥ कुतो वो विग्रहो देवाः कुतो वो भयमागतम् ॥ कस्य वा केन वा कार्यं किं वा मयि न वर्तते ॥ ४६ ॥ किं खल्वकुशलं लोके वर्तते दानवोत्थितम् ॥ नृणामायासजननं शीघ्रमिच्छामि वेदितुम् ॥ ४७ ॥ एष ब्रह्मविदां मध्ये विहाय शयनोत्तमम् ॥ शिवाय भवतामर्थं स्थितः किं करवाणि वः ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि विष्णोर्योगशयनोत्थानं नाम पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तच्छ्रुत्वा विष्णुगदितं ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ उवाच परमं वाक्यं हितं सर्वदिवौकसाम् ॥ १ ॥ नास्ति किञ्चिद्भयं विष्णो

उन्होंने देखा कि ब्रह्मा आदि देवता जगत्के कल्याणार्थ कुछ कहनेकी इच्छा करके प्रक्षुब्धभावसे खड़े हैं ॥४४॥ उन्हें देखते ही निद्राशून्य नेत्रोंवाले भगवान विष्णु उनका सम्बोधन करके धर्म, हेतु तथा अर्थयुक्त वचन बोले ॥ ४५ ॥ भगवानने कहा—हे देवताओं ! अब आप लोगोंका किसके साथ झगड़ा हो गया और किसने आपको भयभीत कर दिया है ? दानवोंकी ओरसे मनुष्योंके लिए कोई अमंगलजनक घटना तो नहीं घटित हो गयी ? बताओ, मैं शीघ्र जानना चाहता हूँ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ आप लोगोंके कल्याणार्थ अपनी शय्या त्यागकर मैं बैठा हुआ हूँ । अब मुझे जो करना हो सो बताइए ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

(देवताओंके साथ विष्णुभगवानका वार्तालाप) वैशंम्पायन बोले—हे राजन् ! लोकपितामह ब्रह्माने विष्णुभगवानके वचन सुनकर देवताओंके हितकी बात कही ॥ १ ॥ वे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बोले—हे असुरविनाशक नारायण ! जब आप स्वयं हमें प्रत्येक युद्धसागरको पार करानेके लिए कर्णधार बनकर अभयदान देनेको खड़े रहते हैं, तब भला हमारे लिए भयकी सम्भावना क्योंकर रहेगी ? ॥ २ ॥ जब देवराज इन्द्र राज्य कर रहे हैं, और आप हमारे शत्रुओंको नष्ट करते रहते हैं। सभी मानव सत्य और धर्मपरायण हैं ॥ ३ ॥ ऐसी दशामें तो बिना समय आये मृत्यु उनकी ओर निहार भी नहीं सकती ॥ ४ ॥ मनुष्योंके अधिपति राजे प्रजासे कररूपमें प्राप्त षष्ठभागका उपभोग करते हुए परस्पर लड़ते नहीं ॥ ५ ॥ बल्कि वे अपना प्रचुर धन व्यय करके प्रजाकी सुख-समृद्धि और राज्यकोष परिपूर्ण करते रहते हैं ॥ ६ ॥ क्षमाशील होनेके कारण वे किसीको कठोर दण्ड नहीं देते और चारों वर्णोंके वर्णाश्रम धर्मका पालन करते हुए वे अपने-अपने सुसमृद्ध जनपदकी रक्षा करते हैं ॥ ७ ॥ किसीको किसी प्रकारका उद्वेग नहीं है। सभी लोग मंत्रियोंके उत्कृष्ट मंत्रबल तथा चतुरंगिणी सेना द्वारा सुरक्षित होते

सुराणामसुरान्तक ॥ येषां भवानभयदः कर्णधारो रणे रणे ॥ २ ॥ शक्रे जयति देवेशे त्वयि चासुरसूदन ॥ धर्मे प्रयतमानानां मानवानां कुतो भयम् ॥ ३ ॥ सत्ये धर्मे च निरतान्मानवान्विगतज्वरान् ॥ नाकाले धर्मिणो मृत्युः शक्नोति प्रसमीक्षितुम् ॥ ४ ॥ मानवानां च पतयः पार्थिवाश्च परस्परम् ॥ षड्भागमुपभुञ्जाना न भेदं कुर्वते मिथः ॥ ५ ॥ ते प्रजानां शुभकराः करदैरवगर्हिताः ॥ सुकरैर्विप्रयुक्तार्थाः शोकानां पूरयन्त्युत ॥ ६ ॥ स्फीताञ्जनपदान्सर्वान्पालयन्तः क्षमापराः ॥ अतीक्ष्णदण्डाश्चतुरो वर्णाञ्जुगुपुरञ्जसा ॥ ७ ॥ नोद्वेजनीया भूतानां सचिवैः साधुपूजिताः ॥ चतुरङ्गबलैर्गुप्ताः षड्गुणानुपभुञ्जते ॥ ८ ॥ धनुर्वेदपराः सर्वे सर्वे वेदेषु निष्ठिताः ॥ यजन्ते च यथाकालं यज्ञैर्विपुलदक्षिणैः ॥ ९ ॥ वेदानधीत्य दीक्षाभिर्महर्षीन्ब्रह्मचर्यया ॥ श्राद्धैश्च मेध्यैः शतशस्तर्पयन्ति पितामहान् ॥ १० ॥ नैषामविदितं किञ्चित्त्रिविधं भुवि दृश्यते ॥ वैदिकं लौकिकं चैव धर्मशास्त्रोक्तमेव च ॥११॥ ते परावरदृष्टार्था महर्षिसमतेजसः ॥ भूयः कृतयुगं कर्तुमुत्सहन्ते नराधिपाः ॥१२॥ तेषामेव प्रभावेण शिवं वर्षति वासवः ॥ यथार्थं च ववुर्वाता विरजस्का दिशो दश ॥ १३ ॥ निरुत्पाता च वसुधा सुप्रचाराश्च खे ग्रहाः ॥ चन्द्रमाश्च सनक्षत्रः सौम्यं चरति योगतः ॥१४॥ अनुलोमकरः सूर्यस्त्वयने द्वे चचार ह ॥ हव्यैश्च विविधैस्तृप्तः शुभगन्धो हुताशनः ॥१५॥ एवं सम्यक्प्रवृत्तेषु विवृद्धेषु मखादिषु ॥

हुए सन्धि-विग्रह आदि षड्गुणोंका उपभोग करते हैं ॥८॥ इस समय सभी लोग धनुर्वेदके विज्ञ, वेदनिष्ठ और समय आनेपर पुष्कल दक्षिणायें देकर यज्ञ करनेवाले हैं ॥९॥ सब लोग वेदाध्ययन द्वारा ऋषियोंकी, नियमानुसार किये जानेवाले यज्ञ द्वारा देवताओंकी और सैकड़ों पुनीत श्राद्धों द्वारा पितरोंकी तृप्ति करते हैं ॥१०॥ सारी त्रिलोकीमें वैदिक, लौकिक अथवा धर्मशास्त्र-प्रतिपादित कोई भी ऐसा कार्य नहीं है कि जिसे वे न जानते हों ॥११॥ यथोचित कार्य करते रहनेके कारण वे राजे महर्षियोंके सदृश तेजस्वी होकर धरतीपर पुनःसत्ययुग लानेका उद्योग कर रहे हैं ॥ १२ ॥ उन राजाओंके प्रभावसे मेघ यथासमय जल बरसाते हैं और वायु नियमित रूपसे बहता है। इस कारण सभी दिशायें धूल-गुबारसे रहित रहती हैं ॥ १३ ॥ पृथिवीपर कभी कोई उत्पात नहीं होता। सब ग्रह अपने-अपने चक्रपर चलते हैं। चन्द्रमा अन्यान्य नक्षत्रोंके साथ सौम्यभावसे परिभ्रमण करते हैं। सूर्यभगवान सबके अनुकूल होकर अपने दोनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अयनोंमें संचरण करते हैं और अग्निदेव विविध प्रकारके हव्योंसे तृप्त होकर शुभ गन्धका वहन करते हैं ॥१४॥१५॥ हे प्रभो ! इस प्रकार नियमानुसार यज्ञादि कार्योंका सम्पादन होते रहनेके कारण जब पृथिवी परितृप्त रहती है, तब मनुष्योंको कालका भय क्यों होगा ॥१६॥ किन्तु उन्हीं परस्पर सद्भावसम्पन्न तथा अग्निसदृश विख्यातकीर्ति राजाओंकी सेनासे पृथिवी बहुत बोझिल हो गयी है। उन सेनाओंसे पृथिवीको बड़ा कष्ट हो रहा है ॥ १७ ॥ उस बोझसे दबकर वसुन्धरा शीघ्र ही डूबनेवाली नौकाके समान भयंकर कष्टमें है ॥ १८ ॥ समुद्रके मध्यमें पृथिवीके लिए जो पर्वतोंके बन्धन थे, वे भी छितरा रहे हैं। समुद्रकी बड़ी-बड़ी लहरोंसे आकुल होकर कभी-कभी धरती बार-बार पसीना छोड़ने लगती है ॥ १९ ॥ राजाओंके शरीर, तेज, बल और विस्तृत राज्यभार वहन करते-करते पृथिवी थक गयी है ॥ २० ॥ आज प्रत्येक नगरमें एक-एक राजा है। प्रत्येक नगरके अधीन सैकड़ों-हजारों ग्राम हैं। प्रत्येक राजाके पास असंख्य सेना है ॥ २१ ॥ इस प्रकार हजारों बलवान् राजाओं तथा उनकी सेनाके विस्तारसे पृथिवीके लिए तो अब कहीं साँस लेनेकी भी जगह नहीं है ॥२२॥ हे भगवान विष्णु !

तर्पयत्सु महीं कृत्स्नां नृणां कालभयं कुतः ॥ १६ ॥ तेषां ज्वलितकीर्तीनामन्योन्यवशवर्तिनम् ॥ राज्ञां बलैर्बलवतां पीड्यते वसुधातलम् ॥१७॥ सेयं भारपरिश्रान्ता पीड्यमाना नराधिपैः ॥ पृथिवी समनुप्राप्ता नौरिवासन्नविप्लवा ॥ १८ ॥ युगान्तसदृशै रूपैः शैलोच्चलितबन्धना ॥ जलोत्पीडाकुला स्वेदं धारयन्ती मुहुर्मुहुः ॥ १९ ॥ क्षत्रियाणां वपुर्भिश्च तेजसा च बलेन च ॥ नृणां च राष्ट्रैर्विस्तीर्णैः श्राम्यतीव वसुन्धरा ॥ २० ॥ पुरे पुरे नरपतिः कोटिसंख्यैर्बलैर्वृतः ॥ राष्ट्रे राष्ट्रे च बहवो ग्रामाः शतसहस्रशः ॥२१॥ भूमिपानां सहस्रैश्च तेषां च बलिनां बलैः ॥ ग्रामायुताढ्यै राष्ट्रैश्च भूमिर्निर्विवरा कृता ॥२२॥ सेयं निरामयं कृत्वा निश्चेष्टा कालमग्रतः ॥ प्राप्ता ममालयं विष्णो भवांश्चास्याः परा गतिः ॥२३॥ कर्मभूमिर्मनुष्याणां भूमिरेषा व्यथां गता ॥ यथा न सीदेत्तत्कार्यं जगत्येषा हि शाश्वती ॥ २४ ॥ अस्या हि पीडने दोषो महान्स्यान्मधुसूदन ॥ क्रियालोपश्च लोकानां पीडितं च जगद्भवेत् ॥ २५ ॥ श्राम्यते व्यक्तमेवेयं पार्थिवौघप्रपीडिता ॥ सहजां या क्षमां त्यक्त्वा चलत्वमचला गता ॥२६॥ तदस्याः श्रुतवन्तः स्म तच्चापि भवता श्रुतम् ॥ भारावतरणार्थं हि मन्त्रयाम सह त्वया ॥ २७ ॥ सत्पथे हि स्थिताः सर्वे राजानो राष्ट्रवर्द्धनाः ॥ नराणां च त्रयो वर्णा ब्राह्मणाननुयायिनः ॥ २८ ॥ सर्वं सत्यपरं वाक्यं वर्णा धर्मपरास्तथा ॥ सर्वे वेदपरा विप्राः सर्वे विप्रपरा नराः ॥ २९ ॥ एवं जगति

इस प्रकार दुखिया पृथिवी कालके साथ मेरे पास आयी हुई है। सो अब एकमात्र आप ही इसकी परा गति हैं ॥२३॥ अब आप ऐसा कुछ करिए कि मनुष्योंकी कर्मभूमिस्वरूपा पृथिवी अत्यधिक भारसे दब न जाय ॥२४॥ हे मधुसूदन ! इसके कष्ट पानेसे बड़ा अनर्थ उपस्थित हो जायगा। ऐसा होनेसे संसारपर संकट आ जायगा और उसके सब काम रुक जायँगे ॥२५॥ यह बात स्पष्ट है कि राजाओंके भारसे पृथिवी वास्तवमें दबी हुई है। तभी तो 'अचला' कहलाती हुई भी यह इस समय 'चंचला' हो गयी है ॥२६॥ इसके विषयमें जितना हमें ज्ञान है, सो बता दिया। आइए, अब हमलोग आपके साथ इसका भार उतारनेके लिए परस्पर मंत्रणा करें ॥२७॥ राज्यकी वृद्धिके लिए उद्युक्त सभी राजे सत्पथपर चल रहे हैं। क्षत्रियादि तीनों वर्णोंके लोग ब्राह्मणोंके मतका अनुसरण करते हैं ॥२८॥ उनकी बातें तथ्यपूर्ण होती हैं, सभी वर्ण धर्मपरायण हैं, ब्राह्मण वेदपारदर्शी हैं और जनता विप्रभक्त है ॥२९॥ इस जगन्मण्डलमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धर्माचरणके लिए मनुष्य उद्योगशील हैं। अतएव हमारी ऐसी मन्त्रणा होनी चाहिए कि जिससे धर्मका लोप न हो ॥ ३० ॥ धर्मके सिवाय पृथिवीके लिए और कोई गति नहीं हो सकती और साधुजनोंके लिए पृथिवीके सिवाय कोई अन्य गति नहीं हो सकती। अतएव अच्छा यही होगा कि वसुन्धराका भार दूर करनेके लिए राजाओंका ही वध कर दिया जाय ॥ ३१ ॥ हे महाभाग ! आइए, इस विषयकी स्थिर मन्त्रणाके लिए पृथिवीके साथ हमलोग सुमेरुपर्वतके शिखरपर चलें ॥ ३२ ॥ हे राजेन्द्र ! ऐसा कहकर महातेजस्वी लोकपितामह ब्रह्माजी चुप हो गये ॥ ३३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे 'नारायणी' भाषाटीकायामेकपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५१ ॥

(पृथिवीका विष्णुभगवानको अपना दुःख सुनाना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! सजल जलदके समान श्यामशरीर विष्णुभगवान गर्जनशील मेघोंसे आच्छादित पर्वतके

वर्त्तन्ते मनुष्या धर्मकारणात् ॥ यथा धर्मवधो न स्यात्तथा मन्त्रः प्रवर्त्यताम् ॥ ३० ॥ सतां गतिरियं नान्या धर्मश्चास्याः सुसाधनम् ॥ राज्ञां चैव वधः कार्यो धरण्या भारनिर्णये ॥ ३१ ॥ तदागच्छ महाभाग सह वै मन्त्रकारणात् ॥ व्रजामो मेरुशिखरं पुरस्कृत्य वसुंधराम् ॥३२॥ एतावदुक्त्वा राजेन्द्र ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ पृथिव्या सह विश्वात्मा विरराम महाद्युतिः ॥ ३३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि भारावतरणे एकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ बाढमित्येव सह तैर्दुर्दिनाम्भोदनिःस्वनः ॥ प्रतस्थे दुर्दिनाकारः सदुर्दिन इवाचलः ॥१॥ समुक्तामणिविद्योतं सचन्द्राम्भोदवर्चसम् ॥ सजटामण्डलं कृत्स्नं बिभ्रत्कृष्णवपुर्हरिः ॥२॥ स चास्योरसि विस्तीर्णे रोमांचोद्गतराजिमान् ॥ श्रीवत्सो राजते श्रीमान्स्तनद्वयमुखाश्रितः ॥ ३ ॥ पीते वसानो वसने लोकानां गुरुरव्ययः ॥ हरिः सोऽभवदालक्ष्य ससंध्याभ्र इवाचलः ॥ ४ ॥ तं व्रजन्तं सुपर्णेन पद्मयोनिगतानुगम् ॥ अनुजग्मुः सुराः सर्वे तद्गतासक्तचक्षुषः ॥ ५ ॥ नातिदीर्घेण कालेन संप्राप्ता रत्नपर्वतम् ॥ ददृशुर्देवतास्तत्र तां सभां कामरूपिणीम् ॥ ६ ॥ मेरोः शिखरविन्यस्तां संयुक्तां सूर्यवर्चसा ॥ काञ्चनस्तम्भरचितां वज्रसंधानतोरणाम् ॥ ७ ॥ मनोनिर्माणचित्राढ्यां विमानशतमालिनीम् ॥

समान गम्भीर वाणीमें 'तथास्तु' कहा और उन देवताओंके साथ सुमेरु पर्वतकी ओर प्रस्थान कर दिया ॥ १ ॥ भगवानके श्याम शरीरपर श्याम केशकलाप मुक्ता-मणि तथा चन्द्रमायुक्त मेघके समान दीप्तिमान् हो रहा था ॥ २ ॥ रोमराजिसे विराजित उनके विशाल वक्षःस्थलपर सुन्दर श्रीवत्स हार स्तनतक लटका हुआ था ॥ ३ ॥ लोकगुरु भगवानके शरीरपर पीताम्बर सुशोभित था। अतएव उनका दिव्य शरीर सन्ध्याकालीन मेघयुक्त पर्वतके समान सुन्दर लग रहा था ॥ ४ ॥ वे अपने गरुड़ वाहनपर आरूढ़ होकर चले तो ब्रह्मा तथा इन्द्रादि देवता एकटक उन्हें ही निहारते हुए उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ ५ ॥ शीघ्र ही वे उस रत्नपर्वत (सुमेरु) पर पहुँच गये और वहाँ उन देवताओंने सूर्यकी किरणोंसे प्रकाशित कामरूपिणी देवसभा देखी ॥ ६ ॥ वह सभा सुमेरुपर्वतके शिखरपर बनी हुई थी। उसपर सदा सूर्यका प्रकाश पड़ता रहता था। उसमें कंचनके खम्मे थे। उसका बाहरी द्वार रत्नजटित था और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तोरण हीरेका था ॥७॥ उसके बीच-बीचमें मनःकल्पित विविध प्रकारके रत्नोंकी चित्रकारियाँ की हुई थीं। उसपर सैकड़ों विमान सदा मँडराया करते थे। उसके बगीचेमें सब ऋतुओंके फूल खिले हुए थे। उस सभामें देवताओंका शिल्पनैपुण्य स्पष्ट परिलक्षित होता था। उसका निर्माण विश्वकर्माने किया था ॥ ८ ॥ ९ ॥ वे देवता सभाको भलीभाँति देखकर प्रसन्न मनसे क्रमशः उसके भीतर गये और नियमानुसार कोई विमानपर, कोई आसनपर, कोई भद्रासनपर, कोई पीठासनपर और कोई देवता कुशासनपर बैठा ॥ १० ॥ ११ ॥ तदनन्तर ब्रह्माने प्रभंजन वायुको आदेश दिया कि सभामें किसी प्रकारका हल्ला-गुल्ला न हो। तदनुसार वे उस कामपर लग गये ॥ १२ ॥ जब सभाके सब सभासद शान्तिके साथ बैठ गये, तब दुःखके कारण अत्यन्त करुण वाणीमें पृथिवीने विष्णुभगवानको सम्बोधित करके कहा ॥ १३ ॥ पृथिवी बोली—हे देव! आप मुझे, समस्त संसारको, सब प्राणियोंको और सभी भुवनोंका पालन

रत्नजालान्तरवर्ती कामगां रत्नभूषिताम् ॥ ८ ॥ सर्वरत्नसमाकीर्णां सर्वर्तुकुसुमोत्कराम् ॥ देवमायाधरां दिव्यां विहितां विश्वकर्मणा ॥ ९ ॥ तां हृष्टमनसः सर्वे यथास्थानं यथाविधि ॥ यथानिदेशं त्रिदशा विविशुस्ते सभां शुभाम् ॥ १० ॥ ते निषेदुर्यथोक्तेषु विमानेष्वासनेषु च ॥ भद्रासनेषु पीठेषु कुशास्त्रास्तरणेषु च ॥ ११ ॥ ततः प्रभञ्जनो वायुर्ब्रह्मणा साधु चोदितः ॥ मा शब्दमिति सर्वत्र प्रचक्रामाथ तां सभाम् ॥ १२ ॥ निःशब्दस्तिमिते तस्मिन्समाजे त्रिदिवौकसाम् ॥ बभाषे धरणी वाक्यं खेदात्करुणभाषिणी ॥ १३ ॥ धरण्युवाच ॥ त्वया धार्या ह्यहं देव त्वया वै धार्यते जगत् ॥ त्वं धारयसि भूतानि भुवनानि बिभर्षि च ॥ १४ ॥ यत्त्वया धार्यते किञ्चित्तेजसा च बलेन च ॥ ततस्तत्र प्रसादेन मया यत्नाच्च धार्यते ॥ १५ ॥ त्वया धृतं धारयामि नाधृतं धारयाम्यहम् ॥ न हि तद्विद्यते भूतं यत्त्वया नानुधार्यते ॥१६॥ त्वमेव कुरुषे देव नारायण युगे युगे ॥ मम भारावतरणं जगतो हितकाम्यया ॥ १७ ॥ तवैव तेजसा क्रान्तां रसातलतलं गताम् ॥ त्रायस्व मां सुरश्रेष्ठ तवैव शरणं गताम् ॥ १८ ॥ दानवैः पीड्यमानाऽहं राक्षसैश्च दुरात्मभिः ॥ त्वामेव शरणं नित्यमुपयास्ये सनातनम् ॥ १९ ॥ तावन्मेऽस्ति भयं भूयो यावन्न त्वां ककुद्मिनम् ॥ शरणं यामि मनसा शतशो ह्युपलक्षये ॥ २० ॥ अहमादौ पुराणस्य संक्षिप्ता पद्मयोनिना ॥ मां च बद्ध्वा कृतौ पूर्वं मृन्मयौ द्वौ महासुरौ ॥ २१ ॥ कर्ण-

करते हैं ॥१४॥ आप अपने प्रभावसे जिनको धारण करते हैं, आपकी कृपासे मैं यत्नके साथ उनका भार वहन करती हूँ ॥१५॥ आप मुझे धारण करते हैं, इसी कारण मैं भी सबको धारण करती हूँ। यदि आप ऐसा न करें तो मैं कुछ नहीं कर सकती। और फिर संसारमें ऐसी कोई भी वस्तु नहीं है कि जिसे आप न धारण करते हों ॥ १६ ॥ एकमात्र आप ही प्रत्येक युगमें संसारके कल्याणार्थ मेरा भार उतारते हैं ॥ १७ ॥ आपके प्रभावसे ही मैं इस समय रसातल पहुँच गयी हूँ। अब मैं आपकी शरणागत हूँ। आप मेरी रक्षा करिए ॥ १८ ॥ जब कभी भी दुरात्मा दानवों और राक्षसों द्वारा मैं अधिक सतायी जाती हूँ, तब सदा आपकी शरणमें आ पहुँचती हूँ ॥१९॥ हे धुरन्धर! जबतक मैं मन ही मन आपको शरणमें नहीं चली आती, तबतक मेरे मनमें सैकड़ों प्रकारका भय बना रहता है ॥ २० ॥ पूर्वकालमें कमलयोनि ब्रह्माजीने मुझे संक्षिप्त करके मृत्तिकाके दो महान् असुरोंकी सृष्टि की थी ॥ २१ ॥ वे दोनों असुर जब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आप महासमुद्रमें शयन करते हुए निद्रामग्न हो गये, तब आपके कर्णमलसे उत्पन्न होकर वे असुर लकड़ीके खम्भेके समान अचेत पड़े रहे ॥२२॥ बादमें ब्रह्माजीके आदेशसे पवनदेव उनके शरीरमें प्रविष्ट हुए, जिससे उनमें जीवन संचार हुआ। जीवन प्राप्त करके वे दोनों बढ़ने लगे और इतना बढ़े कि सारे आकाशमण्डलको उन्होंने घेर लिया ॥ २३ ॥ इसके बाद ब्रह्माजीने उन दोनोंका शरीर स्पर्श करके देखा तो एकका शरीर मृदु तथा दूसरेका कठोर पाया ॥ २४ ॥ तब उन्होंने मृदु शरीरवालेका नाम मधु और कठिन शरीरवाले असुरका नाम कैटभ रखा ॥ २५ ॥ नामकरण हो जानेके बाद वे दोनों बड़े अभिमानके साथ युद्ध करनेके लिए विचरने लगे। समस्त एकार्णवमें भ्रमण करके उन्हें अपनी ओर आते देखकर लोकपितामह ब्रह्मा उस समुद्रके जलमें छिप गये ॥ २६ ॥ २७ ॥ पूर्वकालमें आपकी नाभिसे जो कमल उत्पन्न हुआ था, अब वही ब्रह्माजीका आवासस्थान बन गया ॥ २८ ॥ उस समय

स्रोतोद्भवौ तौ हि विष्णोरस्य महात्मनः ॥ महार्णवे प्रस्वपतः काष्ठकुड्यसमौ स्थितौ ॥ २२ ॥ तौ विवेश स्वयं वायुर्ब्रह्मणा साधु चोदितः ॥ दिवं प्रच्छादयन्तौ तौ ववृधाते महासुरौ ॥२३॥ वायुप्राणौ तु तौ गृह्य ब्रह्मा पर्यमृशच्छनैः ॥ एकं मृदुतरं मेने कठिनं वेद चापरम् ॥२४॥ नामनी तु तयोश्चक्रे स विभुः सलिलोद्भवः ॥ मृदुस्त्वयं मधुर्नाम कठिनः कैटभोऽभवत ॥ २५ ॥ तौ दैत्यौ कृतनामानौ चेरतुर्बलदर्पितौ ॥ सर्वमेकार्णवं लोकं योद्धुकामौ सुदुर्जयौ ॥ २६ ॥ तावागतौ समालोक्य ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ एकार्णवाम्बुनिचये तत्रैवान्तरधीयत ॥ २७ ॥ स पद्मे पद्मनाभस्य नाभिमध्यात्समुत्थिते ॥ रोचयामास वसतिं गुह्यां ब्रह्मा चतुर्मुखः ॥ २८ ॥ तावुभौ जलगर्भस्थौ नारायणपितामहौ ॥ बहून्वर्षगणानप्सु शयानौ न चकम्पतुः ॥ २९ ॥ अथ दीर्घस्य कालस्य तावुभौ मधुकैटभौ ॥ आजग्मतुस्तमुद्देशं यत्र ब्रह्मा व्यवस्थितः ॥ ३० ॥ दृष्ट्वा तावसुरौ घोरौ महाकायौ दुरासदौ ॥ ब्रह्मणा ताडितो विष्णुः पद्मनालेन वै तदा ॥ उत्पपाताथ शयनात्पद्मनाभो महाद्युतिः ॥ ३१ ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं तयोस्तस्य च वै तदा ॥ एकार्णवे तदा लोके त्रैलोक्ये जलतां गते ॥ ३२ ॥ तदाऽभूत्तुमुलं युद्धं वर्षसंख्यासहस्रशः ॥ न च तावसुरौ युद्धे तदा श्रममवापतुः ॥३३॥ अथातो दीर्घकालस्य तौ दैत्यौ युद्धदुर्मदौ ॥ ऊचतुः प्रीतमनसौ देवं नारायणं हरिम् ॥३४॥ प्रीतौ स्वस्तव युद्धेन श्लाघ्यस्त्वं मृत्युरावयोः ॥ आवां जहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता ॥ ३५ ॥ हतौ च तव पुत्रत्वं प्राप्नुयावः सुरोत्तम ॥ यो ह्यावां युधि निर्जित्य तस्यावां विहितौ सुतौ

जिनके भगवान पितामह थे, वे दोनों असुर उस महासमुद्रके जलमें प्रविष्ट हो गये और बहुत समयतक वहाँ निश्चिन्तभावसे सोये रहे ॥ २९ ॥ बहुत अधिक समय बाद वे दोनों घूमते-घूमते ब्रह्माजीके पास जा पहुँचे ॥ ३० ॥ उन महाकाय तथा भयानक असुरोंको देखकर ब्रह्माजीने कमलनालसे धक्का देकर आप विष्णुभगवानको जगाया। धक्का लगते ही आप उठ बैठे और इधर-उधर देखा तो सारा संसार एकार्णवमय दिखायी पड़ा। बस, उन दोनोंका आपके साथ घोर युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ इस प्रकार एक हजार वर्षतक वह महायुद्ध चला। तथापि वे दोनों असुर तनिक भी नहीं थके ॥ ३३ ॥ इसके बाद उन दोनों रणोन्मत्त असुरोंने परम प्रसन्न होकर कहा—॥ ३४ ॥ हम तुम्हारा युद्धकौशल देखकर बहुत प्रसन्न हुए। अतएव अब हम तुम्हारे हाथों ही मरना उत्तम समझते हैं। किन्तु हमें ऐसी जगह मारना, जहाँ पृथ्वी जलमें न डूबी हुई हो ॥३५॥ हे सुरोत्तम ! हमारा यह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संकल्प है कि जिसके हाथों हमारी मृत्यु होगी, हम उसीके पुत्ररूपमें परिणत हो जायँगे ॥३६॥ उनके ऐसा कहनेपर आपने उन दोनोंको अपने हाथोंसे पकड़कर ऐसा दबाया कि वे सदाके लिए समाप्त हो गये ॥ ३७ ॥ इस प्रकार मरकर वे दोनों दैत्य समुद्रके जलमें डूब गये। बादमें उन दोनोंका शरीर एकमें मिल गया और समुद्रकी लहरोंके थपेड़ लगनेके कारण मेद (चर्बी) निकलने लगा ॥ ३८ ॥ उस मेदसे समुद्रका सारा जल परिपूर्ण हो गया और धीरे-धीरे उनका चिह्न भी अवशिष्ट नहीं रहा। तब आपने पुनः प्रजासृष्टिका काम आरम्भ किया ॥ ३९ ॥ उन दोनों दैत्योंके मेदसे ही आपने मेरी रचना की। इसी कारण मेरा नाम 'मेदिनी' पड़ गया। आगे चलकर आपके प्रभावसे मैं शाश्वती जगती भी कहलाने लगी ॥ ४० ॥ पूर्वकालमें आपने ही मार्कण्डेय महामुनिके समक्ष वराहरूप धारण करके अपने दाँतोंके अग्रभागसे मेरा उद्धार किया था ॥ ४१ ॥ आपने एक बार दैत्यराज बलिके यज्ञमें भी पैरोंसे नापकर

॥ ३६ ॥ स तु गृह्य मृधे दोर्भ्यां दैत्यौ तावभ्यपीडयत् ॥ जग्मतुर्निधनं चापि तावुभौ मधुकैटभौ ॥ ३७ ॥ हतौ तौ चाप्लुतौ तोये वपुर्भ्यामेकतां गतौ ॥ मेदो मुमुचतुर्दैत्यौ मथ्यमानौ जलोर्मिभिः ॥ ३८ ॥ मेदसा तज्जलं व्याप्तं ताभ्यामन्तर्दधे ततः ॥ नारायणश्च भगवानसृजत्स पुनः प्रजाः ॥ ३९ ॥ दैत्ययोर्मेदसाऽऽच्छन्ना मेदिनीति ततः स्मृता ॥ प्रभावात्पद्मनाभस्य शाश्वती जगती कृता ॥ ४० ॥ वराहेण पुरा भूत्वा मार्कण्डेयस्य पश्यतः ॥ विषाणेनाहमेकेन तोयमध्यात्समुद्धृता ॥ ४१ ॥ कृताऽहं क्रमता भूयस्तदा युष्माकमग्रतः ॥ बलेः सकाशाद्दैत्यस्य विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ ४२ ॥ साम्प्रतं खिद्यमानाऽहमेनमेव गदाधरम् ॥ अनाथा जगतो नाथं शरण्यं शरणं गता ॥ ४३ ॥ अग्निः सुवर्णस्य गुरुर्गवां सूर्यो गुरुः स्मृतः ॥ नक्षत्राणां गुरुः सोमो मम नारायणो गुरुः ॥ ४४ ॥ यदहं धारयाम्येका जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥ मया धृतं धारयते सर्वमेतद्गदाधरः ॥ ४५ ॥ जामदग्न्येन रामेण भारावतरणेप्सया ॥ रोषात्त्रिःसप्तकृत्वोऽहं क्षत्रियैर्विप्रयोजिता ॥ ४६ ॥ साऽस्मि वेद्यां समारोप्य तर्पिता नृपशोणितैः ॥ भार्गवेण पितुः श्राद्धे कश्यपाय निवेदिता ॥ ४७ ॥ मांसमेदोस्थिदुर्गन्धा दिग्धा क्षत्रियशोणितैः ॥ रजस्वलेव युवतिः कश्यपं समुपस्थिता ॥ ४८ ॥ स मां ब्रह्मर्षिरप्याह किमुर्वि त्वमवाङ्मुखी ॥ वीरपत्नीव्रतमिदं धारयन्ती विषीदसि ॥ ४९ ॥ साऽहं विज्ञापितवती कश्यपं लोकभावनम् ॥ पत-

मेरा उद्धार किया था ॥४२॥ इस समय मैं अनाथा होनेके कारण बहुत क्लेशमें पड़कर आप जगन्नाथ तथा शरणदाताकी शरणमें आयी हूँ ॥४३॥ जैसे अग्नि सुवर्णका, सूर्य किरणोंका और चन्द्रमा नक्षत्रोंका गुरु होता है, उसी प्रकार आप मेरे गुरु हैं ॥ ४४ ॥ आप मुझे सम्हालते हैं, इसी कारण मैं अकेली इस स्थावर-जंगमात्मक जगत्को धारण करती हूँ ॥ ४५ ॥ जमदग्नितनय परशुरामने मेरा भार उतारनेके लिए इक्कीस बार मुझे क्षत्रियविहीन किया था ॥ ४६ ॥ उन्होंने यज्ञवेदीपर युद्धस्तम्भ गाड़कर राजाओंके रक्तसे तृप्त करते हुए पितृश्राद्धके उपलक्ष्यमें मुझे कश्यप मुनिको दक्षिणास्वरूप दे दिया था ॥ ४७ ॥ उस समय मेरा शरीर क्षत्रियोंके मांस-मेद तथा अस्थियोंकी दुर्गन्धिसे बहुत दूषित हो गया था और मेरे शरीर भरमें रुधिर लगा हुआ था। अतएव मैं एक रजस्वला कन्याके रूपमें महर्षि कश्यपके समक्ष उपस्थित हुई ॥ ४८ ॥ ब्रह्मर्षि कश्यपने कहा—हे पृथिवी ! तुम रणभूमिमें मरे वीरकी पत्नीके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समान वेष धारण करके मेरे सामने चुपचाप खड़ी-खड़ी क्यों रो रही हो ? ॥४९॥ ऋषिवर कश्यपके इस प्रकार जिज्ञासा करनेपर मैंने कहा—ब्रह्मन् ! भृगुकुलोत्पन्न महात्मा परशुरामने मेरे पतियोंको मार डाला है ॥ ५० ॥ सो मैं वीर और शस्त्रजीवी क्षत्रिय पतियोंके अभावमें विधवा हो गयी हूँ । मेरा नगर सूना हो गया है । इस कारण अब मैं जीवित नहीं रहना चाहती ॥ ५१ ॥ अतएव हे भगवन् ! आप अपने समान और मेरे अनुरूप मुझे कोई पति प्रदान करिए—जो सब समुद्रों, ग्रामों और नगरों समेत मेरी रक्षा करनेमें समर्थ हो ॥ ५२ ॥ भगवान कश्यप मेरी बात सुनकर समहत हो गये और उन्होंने मुझे महाराज मनुको सौंप दिया ॥ ५३ ॥ तबसे उन महाराज मनु द्वारा उत्पन्न अति पवित्र एवं सुविस्तीर्ण इक्ष्वाकुकुलमें पहुँचकर मैं बहुत समय तक एक राजाके हाथसे दूसरे राजाके हाथमें जाती रही ॥ ५४ ॥ हे भगवन् ! इस प्रकार मैं मानवेन्द्र मनुके हाथमें पहुँची और राजर्षिवंशमें उत्पन्न बहुतेरे राजाओंने मुझे भोगा ॥५५॥ अनेक रणविशारद क्षत्रियोंने मुझे जीता और स्वर्गगामी हुए । अन्तमें वे सब मुझमें ही समा गये ॥५६॥ रणभूमिमें पीठ न दिखाने-

यो मे हता ब्रह्मन्भार्गवेण महात्मना ॥ ५० ॥ साऽहं विहीना विक्रान्तैः क्षत्रियैः शस्त्रवृत्तिभिः ॥ विधवा शून्यनगरा न धारयितुमुत्सहे ॥ ५१ ॥ तन्मह्यं दीयतां भर्ता भगवँस्त्वत्समो नृपः ॥ रक्षेत्सग्रामनगरां यो मां सागरमालिनीम् ॥ ५२ ॥ स श्रुत्वा भगवान्वाक्यं बाढमित्यब्रवीत्प्रभुः ॥ ततो मां मानवेन्द्राय मनवे सम्प्रदत्तवान् ॥ ५३ ॥ सा मनुप्रभवं दिव्यं प्राप्येक्ष्वाकुकुलं नृपम् ॥ विपुलेनास्मि कालेन पार्थिवात्पार्थिवं गता ॥ ५४ ॥ एवं दत्ताऽस्मि मनवे मानवेन्द्राय धीमते ॥ भुक्ता राजसहस्रैश्च महर्षिकुलसंमितैः ॥ ५५ ॥ बहवः क्षत्रियाः शूरा मां जित्वा दिवमाश्रिताः ॥ ते च कालवशं प्राप्य मय्येव प्रलयं गताः ॥५६॥ मत्कृते विग्रहा लोके वृत्ता वर्तन्त एव च ॥ क्षत्रियाणां बलवतां संग्रामेष्वनिवर्तिनाम् ॥ ५७ ॥ एतद्युष्मत्प्रवृत्तेन दैवेन परिपाल्यते ॥ जगद्धितार्थं कुरुत राज्ञां हेतुं रणं क्षये ॥ ५८ ॥ यद्यस्ति मयि कारुण्यं भारशैथिल्यकारणात् ॥ एकश्चक्रधरः श्रीमानभयं मे प्रयच्छतु ॥५९॥ यमहं भारसंतप्ता सम्प्राप्ता शरणार्थिनी ॥ भारो यद्यवरोप्तव्यो विष्णुरेष ब्रवीतु माम् ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ते श्रुत्वा पृथिवीवाक्यं सर्व एव दिवौकसः ॥ तदर्थकृत्यं संचिन्त्य पितामहमथाब्रुवन् ॥१॥ भगवन्ह्रियतामस्या धरण्या

वाले अनेक पराक्रमी राजे मेरे लिए युद्धभूमिमें उतर चुके हैं और आज भी उतर रहे हैं ॥ ५७ ॥ हे जगन्नाथ ! यह सब आपकी ही लीलाका परिणाम है । जगत्के कल्याणार्थ एकमात्र आप ही रणभूमिमें वीर क्षत्रियोंके मरणके कारण हैं ॥५८॥ अतएव यदि मेरा भार उतारनेके लिए मेरे प्रति आपके हृदयमें करुणाका संचार हुआ हो तो मुझे अभयदान दीजिए । क्योंकि चक्र धारण करनेवाले आप ही मेरे एकमात्र सहायक हैं ॥ ५९ ॥ मैं बहुत बोझिल होकर आपकी शरणमें आयी हूँ । अब मुझे बताइए कि आप मेरा भार उतारेंगे या नहीं ? ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५२ ॥

(देवताओंके अंशावतारका इतिहास) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पृथिवीके इन वचनोंको सुनकर उसका उद्देश्य पूर्ण करनेके अभिप्रायसे सब देवताओंने लोकपितामह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मासे कहा—॥ १ ॥ हे भगवन् ! जिस तरह पृथिवीका भार उतर जाय, वैसा कोई उपाय करिए। क्योंकि आपसे ही सब लोक उत्पन्न हुए हैं—आप ही लोककर्ता और प्रभु हैं ॥ २ ॥ अब इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, स्वयं नारायण, चन्द्र, सूर्य, वायु, आदित्यगण, आठों वसु, रुद्रगण, दोनों अश्विनीकुमार, साध्यगण, बृहस्पति, शुक्र, काल, कलि, महेश्वर, शिखिवाहन स्वामिकार्तिकेय, यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, सिद्ध, चारण, पर्वत, तरंगमालाओंसे व्याप्त समुद्र और गंगा आदि नदियोंको क्या काम करना होगा, सो बताइए ॥ ३–७ ॥ यदि आप राजाओंके झगड़ेमें पड़ी पृथिवीका कल्याण करना अपना कर्तव्य समझते हों तो हमें आज्ञा दीजिए। हे हमारे पितामह ! अब यह बातइए कि हमें पृथिवीपर किस प्रकारका अंशावतार लेना होगा। आपकी आज्ञा मिल जानेपर हम पृथिवी, आकाश, विप्रकुल और राजकुल सर्वत्र अयोनिज शरीर धारण करनेमें समर्थ हैं ॥ ८ ॥ ९ ॥ १० ॥ हे राजन् ! हिरण्यगर्भ ब्रह्माने उन एक ही

भारसंततिः ॥ शरीरकर्ता लोकानां त्वं हि लोकस्य चेश्वरः ॥ २ ॥ यत्कर्तव्यं महेन्द्रेण यमेन वरुणेन च ॥ यद्वा कार्यं धनेशेन स्वयं नारायणेन च ॥ ३ ॥ यद्वा चन्द्रमसा कार्यं भास्करेणानिलेन वा ॥ आदित्यैर्वसुभिर्वाऽपि रुद्रैर्वा लोकभावनैः ॥ ४ ॥ अश्विभ्यां देववैद्याभ्यां साध्यैर्वा त्रिदशालयैः ॥ बृहस्पत्युशनोभ्यां वा कालेन कलिनाऽपि वा ॥ ५ ॥ महेश्वरेण वा ब्रह्मन्विशाखेन गुहेन वा ॥ यक्षराक्षसगन्धर्वैश्चारणैर्वा महोरगैः ॥ ६ ॥ पतगैः पर्वतैश्चापि सागरैर्वा महर्षिभिः ॥ गङ्गामुखाभिर्दिव्याभिः सरिद्भिर्वा सुरेश्वर ॥ ७ ॥ क्षिप्रमाज्ञापय विभो कथमंशः प्रयुज्यताम् ॥ यदि ते पार्थिवं कार्यं कार्यं पार्थिवविग्रहे ॥ ८ ॥ कथमंशावतरणं कुर्मः सर्वे पितामह ॥ अन्तरिक्षगता ये च पृथिव्यां पार्थिवाश्च ये ॥ ९ ॥ सदस्यानां च विप्राणां पार्थिवानां कुलेषु च ॥ अयोनिजाश्चैव तनूः सृजामो जगतीतले ॥ १० ॥ सुराणामेककार्याणां श्रुत्वैतन्निश्चितं मतम् ॥ देवैः परिवृतः प्राह वाक्यं लोकपितामहः ॥ ११ ॥ रोचते मे सुरश्रेष्ठा युष्माकमपि निश्चयः ॥ सृजध्वं स्वशरीरांशांस्तेजसाऽऽत्मसमान्भुवि ॥ १२ ॥ सर्व एव सुरश्रेष्ठास्तेजोभिरवरोहत ॥ भावयन्तो भुवं देवीं लब्ध्वा त्रिभुवनश्रियम् ॥ १३ ॥ पार्थिवे भारते वंशे पूर्वमेव विजानता ॥ पृथिव्यां संभ्रममिमं श्रूयतां यन्मया कृतम् ॥ १४ ॥ समुद्रेऽहं पुरा पूर्वे वेलामासाद्य पश्चिमाम् ॥ आसे सार्द्धं तनूजेन कश्यपेन महात्मना ॥ १५ ॥ कथाभिः पूर्ववृत्ताभिर्लोकवेदानुगामिभिः ॥ इतिवृत्तैश्च बहुभिः पुराणप्रभवैर्गुणैः ॥ १६ ॥ कुर्वतस्तु कथास्तास्ताः समुद्रः सह गङ्गया ॥ समीपमाजगाशु युक्तस्तोयदमारुतैः ॥ १७ ॥ स वीचिविषमां कुर्वन्गतिं वेगतरङ्गिणीम् ॥ यादोगणविचित्रेण संच्छन्नस्तोयवाससा ॥ १८ ॥ शंखमुक्तामलतनुः प्रवालद्रुमभूषणः ॥ युक्त-

कार्यके लिए सन्नद्ध देवताओंके वचन सुनकर कहा—॥ ११ ॥ हे देवताओं ! आप लोगोंका जो निश्चय है, वही मेरा भी है। अतएव अब आप लोग अपने तेजके प्रभाव तथा अपने-अपने अंशसे संसारमें अवतीर्ण होकर त्रिभुवनकी श्रीस्वरूपा धरित्रीका परित्राण करें ॥ १२ ॥ १३ ॥ आजके बहुत समय पहले ही मैंने पृथिवीके भयका जो कारण समझा है और उसके प्रतीकारका जो उपाय सोचा है, उसे सुनें ॥ १४ ॥ जब मैं अपने पुत्र महात्मा कश्यपके साथ समुद्रके पश्चिमी तटपर रहता तथा वेद, इतिहास, पुराण आदि विविध विषयके कथाप्रसंगोंकी चर्चा करता हुआ कालयापन कर रहा था, उस समय गंगा, मेघ तथा मरुद्गणोंके साथ समुद्र मेरे सम्मुख आ उपस्थित हुआ ॥ १५–१७ ॥ उस समय समुद्रका जैसा वेग था, वैसी ही उसकी तरंगें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी थीं। उसका परिधानवस्त्र जलजन्तुओंसे चिह्नित जलके समान उज्ज्वल था ॥ १८ ॥ उसका शरीर शंख और मोतीके समान स्वच्छ था। उसके आभूषण प्रवाल (मूँगों) तथा मणियोंसे युक्त थे और उसका कण्ठस्वर मेघके समान गम्भीर था ॥ १९ ॥ उस समय वह एकाएक बढ़कर चन्द्रमाके साथ जैसे मुझे पराजित करनेके लिए ही वेलाका अतिक्रमण करके आया था। उसने अपने नितान्त चंचल खारे पानीसे मुझे सर्वथा व्याकुल कर दिया ॥ २० ॥ वहाँ वह केवल मुझे उद्विग्न करनेके लिए ही आया था। अब मैंने बड़े ही गम्भीर स्वरमें कहा—'शान्त हो जाओ' ॥ २१ ॥ मेरा यह वचन सुनते ही समुद्र सिमट गया। अब उसका न वह वेग रहा और न तरंग, उसके शरीरपर राज्यश्रीकी शोभा दीखने लगी ॥ २२ ॥ तदनन्तर आप लोगोंकी कल्याणकामना करके मैंने गंगाजी और समुद्रको शाप देते हुए कहा—समुद्र ! जब तुम राजाके रूपमें मेरे सम्मुख आये हो, तब तुम राजा ही हो जाओ

श्चन्द्रमसा पूर्ण उग्रगम्भीरनिःस्वनः ॥ १९ ॥ स मां परिभवन्नेव स्वां वेलां समतिक्रमन् ॥ क्लेदयामास चपलैर्लावणैरम्बुविस्रवैः ॥ २० ॥ तं च देशं व्यवसितः समुद्रोऽद्विर्विमर्दितुम् ॥ उक्तः संरब्धया वाचा शान्तोऽसीति मया तदा ॥ २१ ॥ शान्तोऽसीत्युक्तमात्रस्तु तनुत्वं सागरो गतः ॥ संहतोर्मितरङ्गौघः स्थितो राजश्रिया ज्वलन् ॥ २२ ॥ भूयश्चैव मया शप्तः समुद्रः सह गङ्गया ॥ सकारणां मतिं कृत्वा युष्माकं हितकाम्यया ॥ २३ ॥ यस्मात्त्वं राजतुल्येन वपुषा समुपस्थितः ॥ गच्छार्णव महीपालो राजैव त्वं भविष्यसि ॥ २४ ॥ तत्रापि सहजां लीलां धारयन्स्वेन तेजसा ॥ भविष्यसि नृणां भर्ता भारतानां कुलोद्वहः ॥ २५ ॥ शान्तोऽसीति मयोक्तस्त्वं यच्चासि तनुतां गतः ॥ सुतनुर्यशसा लोके शान्तनुस्त्वं भविष्यसि ॥ २६ ॥ इयमप्यायतापाङ्गी गङ्गा सर्वाङ्गशोभना ॥ रूपिणी च सरिच्छ्रेष्ठा तत्र त्वामुपयास्यति ॥ २७ ॥ एवमुक्तस्तु मां क्षुब्धः सोऽभिवीक्ष्यार्णवोऽब्रवीत् ॥ मां प्रभो देवदेवानां किमर्थं शप्तवानसि ॥ २८ ॥ अहं तव विधेयात्मा त्वत्कृतस्त्वत्परायणः ॥ अशपोऽद्दशैर्वाक्यैरात्मजं मां किमात्मना ॥२९॥ भगवंस्त्वत्प्रसादेन वेगात्पर्वणि वर्द्धितः ॥ यद्यहं चलितो ब्रह्मन्कोऽत्र दोषो ममात्मनः ॥३०॥ क्षिप्ताभिः पवनैरद्भिः स्पृष्टो यद्यसि पर्वणि ॥ अत्र मे किं नु भगवन्विद्यते शापकारणम् ॥ ३१ ॥ उद्धूतैश्च महावातैः प्रवृद्धैश्च बलाहकैः ॥ पर्वणा चेन्दुयुक्तेन त्रिभिः क्षुब्धोऽस्मि कारणैः

॥ २३ ॥ २४ ॥ तुम भरतवंशमें जन्म पाकर अपने तेज और प्रभावसे प्रजाका नियत्रंण करो ॥ २५ ॥ मेरे 'शान्त हो' कहते ही तुम शान्त हो गये हो, इस कारण संसारमें 'शान्तनु' नामसे विख्यात होओगे ॥ २६ ॥ यह सुनयनी, रूपवती, सर्वाङ्गसुन्दरी और नदियोंमें श्रेष्ठ गंगा भी मूर्तिमती होकर सदा तुम्हारे साथ रहेगी ॥ २७ ॥ मेरे ऐसा कहनेपर अत्यन्त कुपित होकर समुद्रने कहा—हे प्रभो ! हे देवदेव ! मैं तो आपका आज्ञाकारी पुत्र हूँ। आपके सिवाय मैं और किसीको नहीं जानता। तब आपने ऐसे अनुचित वाक्यों द्वारा मुझे शाप क्यों दिया ? ॥ २८ ॥ २९ ॥ मैं तो आपकी ही निर्धारित रीतिके अनुसार प्रतिपर्व (पूर्णिमा) को बढ़कर उद्धत हो जाता हूँ तो इसमें मेरा क्या दोष है ? ॥३०॥ पर्वके समय यदि वायुके झोंकेसे मेरा जल आपके शरीरका स्पर्श कर गया तो इससे मैं शापका भागी नहीं हो सकता ॥ ३१ ॥ इस समय प्रचण्ड वायु, उमड़े हुए बादल और चन्द्रमायुक्त पूर्णिमा पर्वके कारण ही मैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इतना उद्धत हो गया था ॥ ३२ ॥ फिर भी यदि आपके द्वारा निर्दिष्ट किसी कारणवश मैं अपराधी हो चुका हूँ तो आप मेरा अपराध क्षमा करते हुए मुझे इस शापसे मुक्ति दिला दें ॥ ३३ ॥ यदि मेरी बातोंपर आप विश्वास कर सकें तो शापके कारण शिथिलशरीर मुझ असहायपर दया करिए ॥ ३४ ॥ ये गंगादेवी निरापराधिनी हैं। केवल मेरे ही अपराधसे इन्हें शाप न मिलना चाहिए। अतएवं आप इनपर भी प्रसन्न हों ॥ ३५ ॥ हे देवताओं! तब मैंने बहुत ही मधुर वाणीमें समुद्रको सम्बोधित करके कहा—हे वारिधे! तुम देवताओंका प्रयोजन नहीं जानते। इसी कारण मेरे शापसे इतने भयभीत हो गये हो। डरनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। शान्त होओ। हे महादधे! मैं तुमपर प्रसन्न हूँ। इस शापका भावी कारण मैं बता रहा हूँ, सुनो ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ अब तुम यह सागरशरीर त्यागकर नरपति भरतके वंशमें जन्म ग्रहण करो। वहाँ राजाओंके चक्रवर्ती होकर चतुर्वर्णके प्रजाजनोंका

॥ ३२ ॥ एवं यद्यपराद्धोऽहं कारणैस्त्वत्प्रकल्पितैः ॥ क्षन्तुमर्हसि मे ब्रह्मञ्छापोऽयं विनिवर्त्यताम् ॥ ३३ ॥ एवं मयि निरालम्बे शापाच्छिथिलतां गते ॥ कारुण्यं कुरु देवेश प्रमाणं यद्यवेक्षसे ॥ ३४ ॥ अस्यास्तु देवगङ्गाया गां गतायास्त्वदाज्ञया ॥ मम दोषात्सदोषायाः प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥ ३५ ॥ तमहं श्लक्ष्णया वाचा महार्णवमथाब्रवम् ॥ अकारणज्ञं देवानां त्रस्तं शापानलेन तम् ॥ ३६ ॥ शान्तिं व्रज न भेतव्यं प्रसन्नोऽस्मि महोदधे ॥ शापोऽस्मिन्सरितां नाथ भविष्यं शृणु कारणम् ॥ ३७ ॥ त्वं तात भारते वंशे स्वदेहं स्वेन तेजसा ॥ आधत्स्व सरितां नाथ त्यक्त्वेमां सागरीं तनुम् ॥३८॥ महोदधे महीपालस्तत्र राजश्रिया वृतः ॥ पालयंश्चतुरो वर्णान्त्रंस्यसे सलिलेश्वर ॥३९॥ इयं च ते सरिच्छ्रेष्ठा बिभ्रती रूपमुत्तमम् ॥ तत्कालं रमणीयांगी गङ्गा परिचरिष्यति ॥ ४० ॥ अनया सह जाह्नव्या मोदमानो ममाज्ञया ॥ इमं सलिलसंक्लेदं विस्मरिष्यसि सागर ॥ ४१ ॥ त्वरता चैव कर्त्तव्यं त्वयेदं मम शासनम् ॥ प्राजापत्येन विधिना गङ्गया सह सागर ॥ ४२ ॥ वसवः प्रच्युताः स्वर्गात्प्रविष्टाश्च रसातलम् ॥ तेषामुत्पादनार्थाय त्वं मया विनियोजितः ॥ ४३ ॥ अष्टौ ताञ्जाह्नवी गर्भानपत्यार्थं दधात्वियम् ॥ विभावसोस्तुल्यगुणान्सुराणां प्रीतिवर्द्धनान् ॥ ४४ ॥ उत्पाद्य त्वं वसूञ्छीघ्रं कृत्वा कुरुकुलं महत् ॥ प्रवेष्टाऽसि तनुं त्यक्त्वा पुनः सागर सागरीम् ॥ ४५ ॥ एवमेतन्मया पूर्वं हितार्थं वः सुरोत्तमाः ॥ भविष्यं

प्रतिपालन करते हुए तुम सुखसे कालयापन करोगे ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ ये देवी गंगा भी समयके अनुरूप मनोहारिणी मानव रूप धारण करके तुम्हारी सेवा करेंगी ॥ ४० ॥ हे सागर! मेरी अनुमतिसे वहाँ भगवती गङ्गाके साथ आमोद-प्रमोदपूर्वक रहते हुए तुम मानव-जन्म-जनित क्लेशको सर्वथा भूल जाओगे ॥ ४१ ॥ मैंने तुमसे जैसा कहा है, प्राजापत्य-विधिके अनुसार गंगाजीके साथ तुम वैसा ही करो ॥ ४२ ॥ क्योंकि इस समय अष्टवसु स्वर्गसे भ्रष्ट होकर पातालमें प्रवेश कर गये हैं। उनको पुनर्जन्म देनेके लिए ही मैंने तुम्हें यह भार सौंपा है ॥ ४३ ॥ ये गंगाजी अष्टवसुओंको जन्म देनेके लिए अपने गर्भमें धारण करेंगी। अग्निसदृश तेजस्वी उन वसुओंकी उत्पत्तिसे देवताओंको बड़ा आनन्द मिलेगा ॥ ४४ ॥ हे सागर! उन वसुओंको जन्म दे तथा कुरुकुलका विस्तार करनेके बाद तुम फिर सागरका शरीर पा जाओगे ॥ ४५ ॥ ब्रह्माजी कहते हैं—हे देवताओं! मैं पहले ही समझ गया था कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पृथिवीका भार बढ़ेगा । इसी कारण तुम्हारे उपकारार्थ मैंने पहले ही से शन्तनुवंशका बीजारोपण कर दिया है । हे देवताओं ! उस शन्तनुवंशमें जो सात वसु उत्पन्न हुए थे, वे पुनः स्वर्ग लौट गये हैं । अकेले अष्टम वसुस्वरूप गंगातनय भीष्म अभी भूलोकमें ही हैं ॥ ४६–४८ ॥ महाराज शन्तनुकी द्वितीय भार्यासे उनके विचित्रवीर्य नामका दूसरा पुत्र उत्पन्न हुआ । तेजस्वी विचित्रवीर्य ही नरपतिपदपर अभिषिक्त हुए थे ॥ ४९ ॥ इस समय उनके पुत्र और जगद्विख्यात प्रधान पुरुष पाण्डु तथा धृतराष्ट्र ये दोनों पृथिवीतलमें रह रहे हैं ॥ ५० ॥ उनमें महाराज पाण्डुकी यौवनसम्पन्ना रूपगुणशालिनी एवं देवाङ्गनाओं सदृश रूपवती कुन्ती तथा माद्री नामकी दो भार्यायें थीं ॥ ५१ ॥ राजा धृतराष्ट्रके सभी अनुरूप गुणोंसे सम्पन्न, सारी त्रिलोकीमें विख्यात और असाधारण पतिव्रता गान्धारी नामकी एकमात्र पत्नी थी ॥ ५२ ॥ हे देवताओं ! इस समय तुम लोग उसी शन्तनुवंशका विभाजन करके कुछ देवता स्वपक्षमें

पश्यता भारं पृथिव्याः पार्थिवात्मकम् ॥ ४६ ॥ तदेष शन्तनोर्वंशः पृथिव्यां रोपितो मया ॥ वसवो ये च गङ्गायामुत्पन्नास्त्रिदिवौकसः ॥ ४७ ॥
अद्यापि भुवि गाङ्गेयस्तत्रैव वसुरष्टमः ॥ सप्तेमे वसवः प्राप्ताः स एकः परिलम्बते ॥४८॥ द्वितीयायां च सृष्टायां द्वितीया शन्तनोस्तनुः ॥ विचित्र-
वीर्यो द्युतिमानासीद्राजा प्रतापवान् ॥ ४९ ॥ वैचित्र्यवीर्यौ द्वावेव पार्थिवौ भुवि साम्प्रतम् ॥ धृतराष्ट्रश्च पाण्डुश्च विख्यातौ पुरुषर्षभौ ॥ ५० ॥
तत्र पाण्डोः श्रिया जुष्टे द्वे भार्ये संबभूवतुः ॥ शुभे कुन्ती च माद्री च देवयोषोपमे तु ते ॥ ५१ ॥ धृतराष्ट्रस्य राज्ञस्तु भार्यैका तुल्यचारिणी ॥
गान्धारी भुवि विख्याता भर्तुर्नित्यं व्रते स्थिता ॥ ५२ ॥ तत्र वंशौ विभज्यन्तां विपक्षाः पक्ष एव च ॥ पुत्राणां हि तयो राज्ञोर्भविता विग्रहो
महान् ॥५३॥ तेषां विमर्दे दायाद्ये नृपाणां भविता क्षयः ॥ युगान्तप्रतिमं चैव भविष्यति महद्भयम् ॥ ५४ ॥ सबलेषु नरेन्द्रेषु शातयत्स्वितरेतरम् ॥
विविक्तपुरराष्ट्रौघा क्षितिः शैथिल्यमेष्यति ॥५५॥ द्वापरस्य युगस्यान्ते मया दृष्टं पुरातनम् ॥ क्षयं यास्यन्ति शस्त्रेण मानवैः सह पार्थिवाः ॥५६॥
तत्रावशिष्टान्मनुजान्सुप्तान्निशि विचेतसः ॥ धक्ष्यते शंकरस्यांशः पावकेनास्त्रतेजसा ॥ ५७ ॥ अन्तकप्रतिमे तस्मिन्निवृत्ते क्रूरकर्मणि ॥ समाप्त-
मिदमाख्यास्ये तृतीयं द्वापरं युगम् ॥ ५८ ॥ महेश्वरांशेऽपसृते ततो माहेश्वरं युगम् ॥ तिष्यं प्रवर्त्तते पश्चाद्युगं दारुणदर्शनम् ॥ ५९ ॥ अधर्मप्राय-

तथा कुछ विपक्षमें सृजन कार्य करो । आगे चलकर इन दोनों राजाओंके पुत्रोंमें बड़ा भयानक युद्ध होगा ॥ ५३ ॥ उस गृहयुद्धमें बहुतेरे राजे मरकर यमलोक चले जायँगे । यहाँ तक कि यह संघर्ष प्रलयकालके समान भयानक हो जायगा ॥ ५४ ॥ उस समय सब राजे परस्पर युद्ध करके सेना और वाहनसमेत नष्ट हो जायँगे और विविध पुरों-राष्ट्रों युक्त पृथिवी भारहीन हो जायगी ॥५५॥ मैंने अपनी ज्ञानदृष्टिसे देख लिया है कि द्वापर युगके अन्तमें सभी राजे परस्पर शस्त्रोंसे आघात-प्रत्याघात करते हुए सारी सेना और वाहनसमेत नष्ट हो जायँगे ॥ ५६ ॥ उस युद्धमें जो लोग मरनेसे बच जायँगे, उन्हें रात्रिको सोते समय साक्षात् शंकरभगवानका अंशस्वरूप अश्वत्थामा अपने अस्त्ररूपी अग्निमें जलाकर भस्म कर देगा ५७ ॥ अन्तकप्रतिम क्रूर उस कार्यके सम्पन्न हो जानेपर तृतीय द्वापरयुगका अन्त हो जायगा ॥ ५ ॥ महेश्वर अर्थात् श्रीकृष्णभगवानके परम धाम चले जानेपर बड़ा ही भयानक प्रलयकालके समान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कलियुग आ जायगा ॥५९॥ कलियुगमें प्रायः सब लोग धर्मशून्य हो जायँगे। उस समय धर्मानुष्ठान कहीं हो कहीं होगा। सत्य क्षीण हो जायगा और असत्यकी बढ़ती होगी ॥६०॥ उस समयके सब लोग शंकरभगवान तथा कार्तिकेयके भक्त होंगे। उन दिनों प्रायः किसीको वृद्धावस्थामें पदार्पण न करना होगा (अर्थात् लोग वृद्ध होनेके पहले ही मर जायँगे) ॥६१॥ अतएव मैंने राजाओंके विनाशका जो उपाय स्थिर किया है, वही सर्वश्रेष्ठ उपाय है। हे देवताओं! अब तुम व्यर्थ समय न बिताओ। शीघ्र जाकर अपने-अपने अंशसे तुमलोग पृथिवीपर अवतीर्ण हो जाओ ॥ ६२ ॥ कुन्ती और माद्रीके गर्भमें धर्मका अंश एवं गांधारीके गर्भमें झगड़ेकी जड़स्वरूप कलिके अंशकी स्थापना करो ॥ ६३ ॥ इस प्रकार इन दोनों अंशोंमें दो पक्ष स्थापित हो जायँगे और पृथ्वीके लिए सभी राजे कालकी प्रेरणासे युद्धलोलुप होकर उन दोनों पक्षोंमें सम्मिलित हो जायँगे ॥ ६४ ॥ तत्र पृथिवी भूलोकमें जाकर लोकधारी शरीर धारण करे। जगतीतलके राजाओंका विनाश करनेके लिए मैंने पहले ही से यह उपाय निर्धारित कर रक्खा है ॥६५॥ ब्रह्माजीके वचन सुनकर पृथिवी लौट गयी और राजाओंके नाशके

पुरुषं स्वल्पधर्मप्रतिग्रहम् ॥ उत्सन्नसत्यसंयोगं वर्धितानृतसंचयम् ॥ ६० ॥ महेश्वरं कुमारं च द्वौ च देवौ समाश्रिताः ॥ भविष्यन्ति नराः सर्वे लोके न स्थविरायुषः ॥ ६१ ॥ तदेष निर्णयः श्रेष्ठः पृथिव्यां पार्थिवान्तकः ॥ अंशावतरणं सर्वे सुराः कुरुत मा चिरम् ॥ ६२ ॥ धर्मस्यांशस्तु कुन्त्यां वै माद्र्यां च विनियुज्यताम् ॥ विग्रहस्य कलिर्मूलं गान्धार्यां विनियुज्यताम् ॥ ६३ ॥ एतौ पक्षौ भविष्यन्ति राजानः कालचोदिताः ॥ जात-रागाः पृथिव्यर्थे सर्वे संग्रामलालसाः ॥ ६४ ॥ गच्छत्वियं वसुमती स्वां योनिं लोकधारिणीम् ॥ सृष्टोऽयं नैष्ठिको राज्ञामुपायो लोकविश्रुतः ॥ ६५ ॥ श्रुत्वा पितामहवचः सा जगाम यथागतम् ॥ पृथिवी सह कालेन वधाय पृथिवीक्षिताम् ॥ ६६ ॥ देवानचोदयद्ब्रह्मा निग्रहार्थे सुरद्विषाम् ॥ नरं चैव पुराणर्षिं शेषं च धरणीधरम् ॥ ६७ ॥ सनत्कुमारं साध्यांश्च सुरांश्चाग्निपुरोगमान् ॥ वरुणं च यमं चैव सूर्याचन्द्रमसौ तथा ॥ ६८ ॥ गन्धर्वाप्सरसश्चैव रुद्रादित्यास्तथाश्विनौ ॥ ततोंऽशानवनिं देवाः सर्वं एवावतारयन् ॥ ६९ ॥ यथा ते कथितं पूर्वमंशावतरणं मया ॥ अयो-निजा योनिजाश्च ते देवाः पृथिवीतले ॥ ७० ॥ दैत्यदानवहन्तारः संभूताः पुरुषेश्वराः ॥ क्षीरिकावृक्षसंकाशा वज्रसंहननास्तथा ॥ ७१ ॥ नागा-युतबलाः केचित्केचिदोघबलान्विताः ॥ गदापरिघशक्तीनां संघाः परिघबाहवः ॥ ७२ ॥ गिरिशृङ्गप्रहर्त्तारः सर्वे परिघयोधिनः ॥ वृष्णिवंशसमुत्पन्नाः

समयकी प्रतीक्षा करने लगी ॥६६॥ ब्रह्माजीने इस प्रकार देवद्वेषी असुरोंके विनाशार्थ प्रेरित करते हुए पुराणपुरुष नारायण, धरणीधर शेष भगवान, सनत्कुमार, साध्यगण, वसुगण, चन्द्र, सूर्य, वरुण एवं अग्नि आदि देवताओं, गन्धर्वों, अप्सराओं, रुद्रों, आदित्यों तथा दोनों अश्विनीकुमारोंको अपने-अपने अंशसे अवतीर्ण होनेका आदेश दिया ॥ ६७–६९ ॥ तदनुसार सब देवता पृथिवीपर आकर अपने-अपने अंशोंसे अवतीर्ण हुए। पीछे आदिपर्वमें मैं अंशावतारोंका वर्णन विशदरूपसे कर आया हूँ। उपर्युक्त सभी अयोनिज और योनिज देवता दैत्यों तथा दानवोंका संहार करनेके लिए पृथिवीतलपर जायमान हुए। वे अश्वत्थ वृक्षके समान परिपुष्ट एवं वज्रसदृश कठोर अंगोंवाले थे ॥ ७० ॥ ७१ ॥ उनमेंसे कितनोंके शरीरमें दस हजार हाथियोंका बल था और किसी-किसीके शरीरमें तो समुद्रके सदृश वेग था। वे सब गदा, परिघ और शक्तिका प्रहार सहनेमें समर्थ थे और परिघके समान विशाल उनकी भुजायें थीं ॥७२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे पर्वतशिखरोंको ध्वस्त करने तथा परिघास्त्र ले-लेकर युद्ध करनेमें समर्थ थे। इस प्रकार वे सैकड़ों और हजारों देवता वृष्णिकुल, कुरुकुल, पांचालकुल एवं अग्निहोत्री ब्राह्मणोंके घर उत्पन्न हुए ॥७३॥७४॥ वे अवतीर्ण महापुरुष अस्त्र-निपुण, महाधनुर्धर, वेद तथा धर्मपरायण, सब प्रकारसे समृद्ध तथा याज्ञिक थे और सदा पुनीत कर्मोंका अनुष्ठान करनेमें तत्पर रहते थे ॥ ७५ ॥ वे क्रुद्ध होकर पर्वतोंको हिला सकते थे, पृथिवीको फाड़ सकते थे, आकाशमें उड़ सकते थे और समुद्रमें खलबली मचा सकते थे ॥ ९६ ॥ हे महाराज ! भूत-भविष्य-वर्तमानके ज्ञाता कमलयोनि ब्रह्माने देवताओंको इस प्रकार आदेश दे और लोकरक्षाका भार नारायणपर डालकर शान्तिलाभ किया ॥ ७७ ॥ तदनन्तर जीवनके एकमात्र अधीश्वर भगवान लोकहित साधन करनेके लिए जिस तरह भूतलमें अवतीर्ण हुए, वह वृत्तान्त मैं फिरसे बता रहा हूँ, सुनिए ॥७८॥ वे यशस्वी और पुण्यकर्मा विष्णुभगवान ययातिवंशज बुद्धिमान् वसुदेवजीके

शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ७३ ॥ कुरुवंशे च ते देवाः पञ्चालेषु च पार्थिवाः ॥ याज्ञिकानां समृद्धानां ब्राह्मणानां च योनिषु ॥ ७४ ॥ सर्वास्त्रज्ञा महेष्वासा वेदव्रतपरायणाः ॥ सर्वर्द्धिगुणसंपन्ना यज्वानः पुण्यकर्मिणः ॥ ७५ ॥ आचालयेयुर्ये शैलान्क्रुद्धा भिन्द्युर्महीतलम् ॥ उत्पतेयुरथाकाशं क्षोभयेयुर्महोदधिम् ॥ ७६ ॥ एवमादिश्य तान्ब्रह्मा भूतभव्यभवत्प्रभुः ॥ नारायणे समावेश्य लोकाञ्शान्तिमुपागमत् ॥ ७७ ॥ भूयः शृणु यथा विष्णुरवतीर्णो महीतले ॥ प्रजानां वै हितार्थाय प्रभुः प्राणहितेश्वरः ॥ ७८ ॥ ययातिवंशजस्याथ वसुदेवस्य धीमतः ॥ कुले पूज्ये यशस्कर्मा जज्ञे नारायणः प्रभुः ॥ ७९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कृतकार्ये गते काले जगत्यां च यथानयम् ॥ अंशावतरणे वृत्ते सुराणां भारते कुले ॥ १ ॥ भागेऽवतीर्णे धर्मस्य शक्रस्य पवनस्य च ॥ अश्विनोर्देवभिषजोर्भागे वै भास्करस्य च ॥ २ ॥ पूर्वमेवावनिगते भागे देवपुरोधसः ॥ वसूनामष्टमे भागे प्रागेव धरणीं गते ॥ ३ ॥ मृत्योर्भागे क्षितिगते कलेर्भागे तथैव च ॥ भागे शुक्रस्य सोमस्य वरुणस्य च गां गते ॥ ४ ॥ शंकरस्य गते भागे मित्रस्य धनदस्य च ॥ गन्धर्वोरगयक्षाणां भागांशेषु गतेषु च ॥ ५ ॥ भागेष्वेतेषु गगनादवतीर्णेषु मेदिनीम् ॥ तिष्ठन्नारायणस्यांशे नारदः समदृश्यत ॥ ६ ॥ ज्वलिताग्नि-

कुलमें उत्पन्न हुए ॥ ७९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

(नारद-विष्णुसंवाद) महामुनि वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! निश्चित समय और नियमके अनुसार देवता अपने-अपने अंशसे भरतवंशमें उत्पन्न हुए ॥ १ ॥ उनमेंसे युधिष्ठिर धर्मके, अर्जुन इन्द्रके, भीमसेन पवनके, नकुल-सहदेव दोनों अश्विनीकुमारोंके, कर्ण सूर्यके, द्रोणाचार्य सुरगुरु बृहस्पतिके, अष्टम वसु भीष्मपितामह वसुओंके, विदुर यमराजके, दुर्योधन कलिके, अभिमन्यु चन्द्रमाके, भूरिश्रवा शुक्रके, श्रुतायुध वरुणके, अश्वत्थामा शंकर भगवान्के, कणिक मित्रके, धृतराष्ट्र कुबेरके एवं देवक, अश्वसेन और दुःशासन आदि वीर यक्षों, गन्धर्वों तथा सर्पोंके अंशसे जायमान हुए ॥ २–५ ॥ इस प्रकार स्वर्गके देवताओंके अपने-अपने अंशसे अवतीर्ण हो जानेपर देवपक्षमें सम्मिलित होते हुए देवर्षि नारद विष्णुभगवानकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सभामें जा पहुँचे ॥६॥ नारदजीके शरीरकी दीप्ति प्रज्वलित अग्निके सदृश और उनकी आँखें उदयकालीन सूर्यके सदृश लाल थीं। उनके मस्तकपर वेणीके समान लटकती वामावर्त जटा विराज रही थी ॥ ७ ॥ उनका परिधानवस्त्र चन्द्रकिरणोंके समान शुभ्रवर्णका था। उनके कन्धेपर कृष्णमृगचर्म विद्यमान था। वे सोनेका यज्ञोपवीत पहने हुए थे। उनके हाथोंमें दण्ड और कमण्डलु था। जिससे वे साक्षात् इन्द्रके समान दीख रहे थे। उनकी गोदमें प्रियतमा सखीके समान प्यारी महती वीणा विराजमान थी ॥ ८ ॥ ९ ॥ नारदजी संसारमें असाधारण रहस्यभेत्ता, उत्पातके धूमकेतु, ब्रह्मवादी ऋत्विजोंके अगुआ, विद्वान् और संगीतशास्त्रमें विशेष निपुणके रूपमें विख्यात हैं। वे कलहप्रिय तो इतने हैं कि मानो मूर्तिमान् कलि हों। वक्तृत्वगुणमें तो वे देवताओं और गन्धर्वोंको भी पछाड़ चुके हैं। चारों वेद उनकी जिह्वापर विद्यमान रहते हैं। विशेष करके वे श्रेष्ठ ऋत्विजोंके मध्य सामवेदके प्रधान गायक माने जाते हैं ॥ १० ॥ ११ ॥ वे ब्रह्मलोकविहारी एवं अविनाशी ब्रह्मर्षि नारद देवसभामें उपस्थित होकर क्रोधपूर्वक विष्णुभगवानसे बोले—॥१२॥ हे केशव! देवता अनेकानेक राजाओंका

प्रतीकाशो बालार्कसदृशेक्षणः ॥ सव्यापवृत्तं विपुलं जटामण्डलमुद्वहन् ॥ ७ ॥ चन्द्रांशुशुक्ले वसने वसानो रुक्मभूषितः ॥ वीणां गृहीत्वा
महतीं कक्षासक्तां सखीमिव ॥ ८ ॥ कृष्णाजिनोत्तरासङ्गो हेमयज्ञोपवीतवान् ॥ दण्डी कमण्डलुधरः साक्षाच्छक्र इवापरः ॥ ९ ॥ भेत्ता जगति
गुह्यानां विग्रहाणां ग्रहोपमः ॥ गाता चतुर्णां वेदानामुद्गाता प्रथमर्त्विजाम् ॥ महर्षिर्विग्रहरुचिर्विद्वान्गान्धर्वकोविदः ॥ १० ॥ वैरिकेलिकिलो विप्रो
ब्राह्मः कलिरिवापरः ॥ देवगन्धर्वलोकानामादिवक्ता महामुनिः ॥ ११ ॥ स नारदोऽथ ब्रह्मर्षिर्ब्रह्मलोकचरोऽव्ययः ॥ स्थितो देवसभामध्ये संरब्धो
विष्णुमब्रवीत् ॥ १२ ॥ अंशावतरणं विष्णोर्यदिदं त्रिदशैः कृतम् ॥ क्षयार्थं पृथिवीन्द्राणां सर्वमेतदकारणम् ॥ १३ ॥ यदेतत्पार्थिवं क्षत्रं स्थितं
त्वयि यदीश्वर ॥ नृनारायणयुक्तोऽयं कार्यार्थः प्रतिभाति मे ॥ १४ ॥ न युक्तं जानता देव त्वया तत्त्वार्थदर्शिना ॥ भूदैवत पृथिव्यर्थे प्रयोक्तुं कार्य-
मीदृशम् ॥ १५ ॥ त्वं हि चक्षुष्मतां चक्षुः श्लाघ्यः प्रभवतां प्रभुः ॥ श्रेष्ठो योगवतां योगी गतिर्गतिमतामपि ॥ १६ ॥ देवभागान्गतान्दृष्ट्वा किं
त्वं सर्वाश्रयो विभुः ॥ वसुंधरायाः साह्यार्थमंशं स्वं नानुयुञ्जसे ॥ १७ ॥ त्वया सनाथा देवांशास्त्वन्मयास्त्वत्परायणाः ॥ जगत्यां संचरिष्यन्ति
कार्यात्कार्यान्तरं गताः ॥ १८ ॥ तदहं त्वरया विष्णो प्राप्तः सुरसभामिमाम् ॥ तव संचोदनार्थं वै शृणु चाप्यत्र कारणम् ॥ १९ ॥ ये त्वया निहता

नाश करनेके लिए जो अपने-अपने अंशोंसे अवतीर्ण हुए हैं, वे सब व्यर्थ हैं ॥ १३ ॥ क्योंकि आपकी सहायतासे ही क्षत्रियोंके साथ युद्ध सम्पन्न होगा—जब तक नर-नारायण दोनों न होंगे, तबतक काम न बनेगा ॥ १४ ॥ तत्त्वदर्शी तथा तत्त्वज्ञ होते हुए भी आपका पृथिवीके लिए ऐसा कार्य करना उचित नहीं था ॥ १५ ॥ आप नेत्रवानोंके नेत्र, प्रभुओंके प्रभु, पूज्योंके पूज्य, योगियोंके योग और गतिमानोंकी श्रेष्ठ गति हैं। १६ ॥ अतएव जब सब देवता अपने अंशोंसे अवतीर्ण हो चुके, तब पृथिवीका भार उतारनेके लिए अब तक आप अपने अंशसे क्यों नहीं अवतीर्ण हुए? ॥ १७ ॥ जो देवता अपने अंशसे अवतीर्ण हो चुके हैं, उनके सहायक होकर आप यदि उन्हें कार्यकी प्रेरणा देंगे, तभी वे अपने कार्यमें सफल हो सकेंगे ॥ १८ ॥ हे विष्णो! आपका अंशावतार न देखकर ही मैं भागा-भागा इस देवसभामें आया हूँ। आपको इस कार्यके लिए प्रेरित करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसका कारण क्या है, सो बता रहा हूँ—सुनिए ॥ १९ ॥ हे हृषीकेश ! पूर्वकालमें तारकामय संग्रामके समय जो दैत्य आपके हाथों मरकर धरातलपर गये हुए हैं, अब मैं उनका हाल बता रहा हूँ ॥ २० ॥ पृथिवीतलमें यमुनाके तटपर विविध जनोंसे भरी मथुरापुरी नामकी एक सुन्दर नगरी है ॥२१॥ पहले वनश्रीसे सम्पन्न यह स्थान 'मधुवन'के नामसे विख्यात था। वहाँ सब प्राणियोंके लिए भयदायक, महाबलवान, असाधारण पराक्रमी और रणदुर्जयी दानव मधु रहा करता था ॥ २२ ॥ २३ ॥ उसका पुत्र दानवपति एवं महाबली लवण अपने पिताके समान बलवान् होकर सब लोगोंको भयभीत करता रहता था ॥ २४ ॥ बहुत वर्षों तक क्रीड़ा-कौतुकमें समय बिताकर बड़े अभिमानके साथ वह दानव वहाँके देवताओं और मनुष्योंको भगाने लगा ॥ २५ ॥ उस समय राक्षसकुलके लिए भयंकर और महाराज दशरथके पुत्र राजा रामचन्द्र अयोध्यामें राज करते थे ॥ २६ ॥ बलाभिमानी एवं मधुवनवासी दानव लवणने अयोध्याको युद्धके लिए अयोग्य भूमि समझकर रामचन्द्रके पास एक कटुभाषी दूत भेजा ॥ २७ ॥ उस दूतने रामचन्द्रने समीप जाकर कर्कश शब्दोंमें कहा—राम ! दानवपति

दैत्याः संग्रामे तारकामये ॥ तेषां शृणु गतिं विष्णो ये गताः पृथिवीतलम् ॥ २० ॥ पुरी पृथिव्यां मुदिता मथुरानामतः श्रुता ॥ निविष्टा यमुना-
तीरे स्फीता जनपदायुता ॥ २१ ॥ मधुर्नाम महानासीद्दानवो युधि दुर्जयः ॥ त्रासनः सर्वभूतानां बलेन महताऽन्वितः ॥ २२ ॥ तस्य तत्र
महच्चासीन्महापादपसंकुलम् ॥ घोरं मधुवनं नाम यत्रासौ न्यवसत्पुरा ॥ २३ ॥ तस्य पुत्रो महानासील्लवणो नाम दानवः ॥ त्रासनः सर्वभूतानां
महाबलपराक्रमः ॥ २४ ॥ स तत्र दानवः क्रीडन्वर्षपूगाननेकशः ॥ स दैवतगणाँल्लोकानुद्वासयति दर्पितः ॥ २५ ॥ अयोध्यायामयोध्यायां रामे
दाशरथौ स्थिते ॥ राज्यं शासति धर्मज्ञे राक्षसानां भयावहे ॥ २६ ॥ स दानवो बलश्लाघी घोरं वनमुपाश्रितः ॥ प्रेषयामास रामाय दूतं परुषवा-
दिनम् ॥ २७ ॥ विषयासन्नभूतोऽस्मि तव राम रिपुश्च ह ॥ न च सामन्तमिच्छन्ति राजानो बलदर्पितम् ॥ २८ ॥ राज्ञा राज्यव्रतस्थेन प्रजानां
हितकाम्यया ॥ जेतव्या रिपवः सर्वे स्फीतं विषयमिच्छता ॥ २९ ॥ अभिषेकार्द्रकेशेन राज्ञा रञ्जनकाम्यया ॥ जेतव्यानीन्द्रियाण्यादौ तज्जये हि
ध्रुवो जयः ॥ ३० ॥ सम्यग्वर्तितुकामस्य विशेषेण महीपतेः ॥ नयानामुपदेशेन नास्ति लोकसमो गुरुः ॥ ३१ ॥ व्यसनेषु जघन्यस्य धर्ममध्यस्य
धीमतः ॥ फलज्येष्ठस्य नृपतेर्नास्ति सामन्तजं भयम् ॥ ३२ ॥ सहजैर्बाध्यते सर्वः प्रवृद्धैरिन्द्रियारिभिः ॥ अमित्राणां प्रियकरैर्मोहैरधृतिमीश्वरः

लवण आपका निकटवर्ती शत्रु है। प्रायः सभी राजे किसी बलवान् और अभिमानी सामन्तको अपने पास नहीं रहने देना चाहते ॥ २८ ॥ राज्यव्रतधारी राजे अपने देशको समृद्ध तथा प्रजाजनका कल्याण करनेके लिए शत्रुको पराजित करना मुख्य कार्य समझते हैं ॥ २९ ॥ प्रजाको सन्तुष्ट करनेके लिए राज्याभिषेकसे गीले केशवाला राजा सबसे पहले अपनी इन्द्रियोंको पराजित करे। क्योंकि इन्द्रियोंका विजय ही वास्तविक विजय कहलाती है ॥ ३० ॥ जो संसारमें भला बर्ताव करना चाहते हों, उनके तथा विशेष करके राजाओंके लिए नीतिसम्बन्धी उपदेशके विषयमें लौकिक व्यवहारके तुल्य उपदेष्टा और कोई नहीं हो सकता ॥ ३१ ॥ जो राजे द्यूत-मृगया आदि व्यसनोंको हेय समझते हैं, जो कर्मानुष्ठानके समय धर्मको मध्यस्थ मानते हैं और सब तरहसे प्रबल रहते हैं, उन्हें सामन्तोंका कोई भय नहीं रहता ॥ ३२ ॥ जिस मनुष्यके इन्द्रियरूपी शत्रु प्रबल पड़ जाते हैं, उसका किसी प्रकार निस्तार नहीं हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सकता। क्योंकि इन्द्रियप्रियताके मोहमें पड़कर प्रायः सभी लोग अधीर और अहंकारी हो जाते हैं ॥ ३३ ॥ आपने जो एक साधारण स्त्रीके लिए मोहान्ध होकर कुलसमेत रावणको मारा, मेरे विचारसे वह कार्य सयुक्तिक नहीं था। यद्यपि संसारमें आपका वह कार्य महान् समझा जाता है, तथापि वह आपके लिए तो निन्दनीय ही था। क्योंकि उस समय आप व्रती होकर वनवास कर रहे थे। किसी वनवासी तापस द्वारा राक्षसी सेनाका विनाश कभी साधुसम्मत नहीं कहा जा सकता ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ क्रोधका परित्याग ही सज्जनोंके लिए उचित धर्म है और उस धर्मके बलसे ही भले लोगोंको अच्छी गति मिलती है। किन्तु आपने तो मोह और क्रोधके वशीभूत होकर राक्षसोंका विनाश किया है। आपके ऐसा करनेसे सभी आश्रमवासी दोषके भागी हो गये ॥ ३६ ॥ आपने वनवासी तपस्वियोंका व्रत लेकर ग्राम्यधर्मके अनुसार सामान्य स्त्रीके लिए जो रावणका वध किया, इससे तो रावण ही कृतार्थ हुआ ॥ ३७ ॥ रावण नितान्त दुर्बुद्धि और सर्वथा अजितेन्द्रिय था। इसी कारण आप उसका विनाश कर सके। अब यदि आपमें सामर्थ्य हो तो मेरे साथ युद्ध करिए ॥ ३८ ॥

॥ ३३ ॥ यत्त्वया स्त्रीकृते मोहात्सगणो रावणो हतः ॥ नैतदौपयिकं मन्ये महद्वै कर्म कुत्सितम् ॥ ३४ ॥ वनवासप्रवृत्तेन यत्त्वया व्रतशालिना ॥ प्रहृतं राक्षसानीके नैव दृष्टः सतां विधिः ॥ ३५ ॥ सतामक्रोधजो धर्मः शुभां नयति सद्गतिम् ॥ यत्त्वया निहता मोहाद्दूषिताश्चाश्रमौकसः ॥ ३६ ॥ स एष रावणो धन्यो यस्त्वया व्रतचारिणा ॥ स्त्रीनिमित्ते हतो युद्धे ग्राम्यान्धर्मानवेक्षता ॥ ३७ ॥ यदि ते निहतः संख्ये दुर्बुद्धिरजितेन्द्रियः ॥ युध्यस्वाद्य मया सार्धं मृधे यद्यसि वीर्यवान् ॥ ३८ ॥ तस्य दूतस्य तच्छ्रुत्वा भाषितं रूक्षवादिनः ॥ धैर्यादसंभ्रांतवपुः सस्मितं राघवोऽब्रवीत् ॥ ३९ ॥ असदेतत्त्वया दूत भाषितं तस्य गौरवात् ॥ यन्मां क्षिपसि दोषेण वेदात्मानं च सुस्थिरम् ॥ ४० ॥ यद्यहं सत्पते मूढो यदि वा रावणो हतः ॥ यदि वा मे हृता भर्या का तत्र परिदेवना ॥ ४१ ॥ न वाङ्मात्रेण दुष्यन्ति साधवः सत्पथे स्थिताः ॥ जागर्ति च यदा देवः सदाः सत्स्वितरेषु च ॥ ४२ ॥ कृतं दूतेन यत्कार्यं गच्छ त्वं दूत माचिरम् ॥ नात्मश्लाघिषु नीचेषु प्रहरन्तीह मद्विधाः ॥ ४३ ॥ अयं ममानुजो भ्राता शत्रुघ्नः शत्रुतापनः ॥ तस्य दैत्यस्य दुर्बुद्धेर्मृधे प्रतिकरिष्यति ॥ ४४ ॥ एवमुक्तः स दूतस्तु ययौ सौमित्रिणा सह ॥ अनुज्ञातो नरेन्द्रेण राघवेण महात्मना

हे महाराज जनमेजय! रघुकुलपति रामचन्द्र दूतके मुखसे लवणासुरके अत्यन्त रूखे सन्देश सुनकर धैर्यवश तनिक भी विचलित नहीं हुए। प्रत्युत तनिक मुस्कराकर उन्होंने कहा— ॥ ३९ ॥ दूत! मैं वेदमार्गका अनुगामी और स्थिर प्रकृतिका व्यक्ति हूँ। दानवराज लवणके गौरवरक्षार्थ ऐसी खोटी बातें कहकर मुझे दोषभागी बनाना अन्याय है ॥ ४० ॥ मैं सत्पथपर चलता हूँ या नहीं। रावणने मेरी भार्याका अपहरण किया या कि मैंने उसका वध किया। इस विषयमें लवणासुर द्वारा छिद्रान्वेषण करनेकी क्या आवश्यकता? ॥ ४१ ॥ सत्यपथपर चलनेवाले लोग किसी एक व्यक्तिके कहनेपर कलुषित नहीं हो जाते। क्योंकि दैव सर्वदा सबके सत् और असत् कर्मोंका साक्षी बना रहता है ॥ ४२ ॥ अच्छा, जो हो। तुमने अपने प्रभुका सन्देश सुनाकर अपना काम पूरा कर लिया। अब तुम जा सकते हो। मेरे जैसे लोग किसी आत्मश्लाघापरायण नीच पुरुषपर प्रहार नहीं करते ॥ ४३ ॥ ये मेरे लघु भ्राता शत्रुतापन शत्रुघ्न ही युद्धमें उस दुर्बुद्धि दैत्यका संहार करेंगे ॥ ४४ ॥ महात्मा रामचन्द्रके ऐसा कहनेपर वह दूत सुमित्रानन्दन शत्रुघ्नको साथ लेकर वहाँसे चल पड़ा ॥ ४५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दानवपुरमें शीघ्र पहुँचकर शत्रुघ्नने युद्धकी लालसासे नगरके समीप वन्य प्रदेशमें अपना शिविर बनाया ॥ ४६ ॥ उधर दूतके मुखसे सब हाल सुनकर लवणासुर मारे क्रोधके लाल हो उठा और तत्काल युद्धके लिए अपने वनसे निकलकर शत्रुघ्नके सम्मुख जा उपस्थित हुआ ॥ ४७ ॥ जिससे उन दोनों महावीरोंमें घोर युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ४८ ॥ वे दोनों ही परस्पर एक दूसरेपर तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करने लगे । उनमेंसे कोई भी न युद्धमें पीठ दिखाता था और न थकता ही था ॥ ४९ ॥ तदनन्तर लवणासुरने शत्रुघ्नके बाणोंसे पीडित होकर अपना त्रिशूल त्याग दिया और सब प्राणियोंको अपनी ओर खींचनेवाला देवप्रदत्त अंकुश हाथमें लेकर बड़े विकटरूपसे गर्जन करने लगा ॥ ५० ॥ ५१ ॥ इसके बाद शत्रुघ्नके गलेमें वह अंकुश डालकर उन्हें अपने पुरकी ओर खींचने लगा ॥ ५२ ॥ इसी समय राघवानुज शत्रुघ्नने सोनेकी मूठसे सुसज्जित खड्ग लेकर अंकुश समेत लवणासुरका सिर काटकर धड़से अलग कर

॥ ४५ ॥ स शीघ्रयानः संप्राप्तस्तदा मधुवनं महत् ॥ चक्रे निवेशं सौमित्रिर्वनान्ते युद्धलालसः ॥ ४६ ॥ ततो दूतस्य वचनात्स दैत्यः क्रोधमूर्च्छितः ॥ पृष्ठतस्तद्वनं कृत्वा युद्धायाभिमुखः स्थितः ॥ ४७ ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं सौमित्रेर्दानवस्य च ॥ उभयोरेव बलिनोः शूरयो रणमूर्द्धनि ॥ ४८ ॥ तौ शरैः साधु निशितैरन्योन्यमभिजघ्नतुः ॥ न च तौ युद्धवैमुख्यं श्रमं वाऽप्युपजग्मतुः ॥ ४९ ॥ अथ सौमित्रिणा बाणैः पीडितो दानवोत्तमः ॥ ततः स शूलरहितः पर्यहीयत दानवः ॥ ५० ॥ स गृहीत्वाऽङ्कुशं चैव देवैर्दत्तवरं रणे ॥ कर्षणं सर्वभूतानां लवणो विरराम ह ॥ ५१ ॥ शिरोधरायां जग्राह सोऽङ्कुशेन चकर्ष च ॥ प्रवेशयितुमारब्धो लवणो राघवानुजम् ॥ ५२ ॥ स रुक्मत्सरुमुद्यम्य शत्रुघ्नः खड्गमुत्तमम् ॥ शिरश्चिच्छेद खड्गेन लवणस्य महामृधे ॥ ५३ ॥ स हत्वा दानवं संख्ये सौमित्रिर्मित्रवत्सलः ॥ तद्वनं तस्य दैत्यस्य चिच्छेदास्त्रेण बुद्धिमान् ॥ ५४ ॥ छित्त्वा वनं तत्सौमित्रिर्निवेशं सोऽभ्यरोचयत् ॥ भवाय तस्य देशस्य पुर्याः परमधर्मवित् ॥ ५५ ॥ तस्मिन्मधुवनस्थाने मथुरा नाम सा पुरी ॥ शत्रुघ्नेन पुरा सृष्टा हत्वा तं दानवं रणे ॥ ५६ ॥ सा पुरी परमोदारा साट्टप्राकारतोरणा ॥ स्फीता राष्ट्रसमाकीर्णा समृद्धबलवाहना ॥ ५७ ॥ उद्यानवनसंपन्ना सुसीमा सुप्रतिष्ठिता ॥ प्रांशुप्राकारवसना परिखाकुलमेखला ॥ ५८ ॥ चयाट्टालककेयूरा प्रासादवरकुण्डला ॥ सुसंवृतद्वारवती चत्वरोद्गारहासिनी ॥ ५९ ॥ अरोगवीरपुरुषा हस्त्यश्वरथसंकुला ॥ अर्धचन्द्रप्रतीकाशा यमुनातीरशोभिता ॥ ६० ॥ पुण्यापणवती दुर्गा रत्नसंचयगर्विता ॥

दिया ॥ ५३ ॥ मित्रवत्सल और बुधिमान् शत्रुघ्नने इस प्रकार उस दानवका वध करके अपने शस्त्रोंसे मधुवनको भी छिन्न-भिन्न कर दिया और उस देशके कल्याणार्थ नगर-स्थापन-कार्यको परम पुण्य समझकर उन्होंने वहाँ एक पुरी बसायी ॥५४॥५५॥ अब मधुवनके स्थानपर उस पुरीका 'मथुरापुरी' नाम पड़ गया । शत्रुघ्न द्वारा प्रतिष्ठित मथुरापुरी बड़ी विस्तृत थी । उसके प्राकार और तोरण आदि बड़े सुन्दर थे । वह धन-धान्य, ग्राम, नगर, ऊँची-ऊँची अटारियाँ, उपवनों और अनेकानेक उद्यानोंसे अलंकृत थी । उसकी सीमा तथा निर्माण-प्रणाली चमत्कारपूर्ण थी । उसके सब ओर ऊँची प्राचीर और परिखा मेखलाकी नाईं सुशोभित हो रही थी ॥ ५६–५८ ॥ उसके चौमहले भवन केयूर, ऊँची-ऊँची अट्टालिकायें कुण्डल, उसका सुरक्षित द्वारमुख और लम्बा-चौड़ा चौक हास्यके समान सुन्दर लग रहा था ॥ ५९ ॥ उस पुरीके निवासी वीर पुरुष सदा नीरोग रहते थे । उस पुरीमें हाथियों, घोड़ों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा रथोंकी भीड़ लगी रहती थी। वह मथुरा यमुनाजीके तटपर अर्धचन्द्राकार बसी हुई थी ॥ ६० ॥ उसमें ठौर-ठौर अच्छे बाजार लगे हुए थे। रत्नसंचयके विषयमें तो वह पुरी अपनेपर गर्व करती थी। उस जनपदके खेत बड़े विलक्षण तथा सरस थे। देवराज इन्द्र भी वहाँ यथासमय जल बरसाते थे ॥६१॥ वहाँके स्त्री-पुरुष सदा प्रसन्नचित्त रहते थे। लवणासुरके बाद वहाँ कुछ समय शूरसेनोंने राज किया ॥ ६२ ॥ उसके बाद कार्तिकेय सदृश पराक्रमी एवं भोजकुलप्रदीप और महाबली विख्यातनामा उग्रसेन उसके राज्यसिंहासनपर बैठे ॥ ६३ ॥ आपने तारकामय युद्धमें जिस कालनेमि महादैत्यका वध किया था, वही महान् असुर कालनेमि इस समय उग्रसेनके पुत्ररूपमें जनमा है। उसका नाम कंस है। विशालनेत्र, भोजवंश-वर्द्धन तथा सिंहसदृश पराक्रमी कंस समस्त भूमण्डलमें विख्यात है, किन्तु वह बड़ा कुमार्गगामी है। उसका नाम सुनते ही सब राजाओं तथा प्रजाजनोंका हृदय काँपने लगता है। जैसे उसका बाहरी आकार उग्र है, उसी प्रकार उसकी आन्तरिक प्रवृत्ति भी भयानक है। इस प्रकार दोनों तरहसे समान अभिमानी होनेके कारण उसके नामसे लोग घबड़ाते हैं

क्षेत्राणि सस्यवन्त्यस्याः काले देवश्च वर्षति ॥ ६१ ॥ नरनारीप्रमुदिता सा पुरी स्म प्रकाशते ॥ निविष्टविषयश्चैव शूरसेनस्ततोऽभवत् ॥ ६२ ॥ तस्यां पुर्यां महावीर्यो राजा भोजकुलोद्वहः ॥ उग्रसेन इति ख्यातो महासेनपराक्रमः ॥ ६३ ॥ तस्य पुत्रत्वमापन्नो योऽसौ विष्णो त्वया हतः ॥ कालनेमिर्महादैत्यः संग्रामे तारकामये ॥ ६४ ॥ कंसो नाम विशालाक्षो भोजवंशविवर्द्धनः ॥ राजा पृथिव्यां विख्यातः सिंहविस्पष्टविक्रमः ॥ ६५ ॥ राज्ञां भयंकरो घोरः शङ्कनीयो महीक्षिताम् ॥ भयदः सर्वभूतानां सत्पथाद्वाह्यतां गतः ॥ ६६ ॥ दारुणाभिनिवेशेन दारुणेनान्तरात्मना ॥ युक्तस्तेनैव दर्पेण प्रजानां रोमहर्षणः ॥ ६७ ॥ न राजधर्माभिरतो नात्मपक्षसुखावहः ॥ नात्मराज्यप्रियकरश्चण्डः कलिरुचिः सदा ॥ ६८ ॥ स कंसस्तत्र संभूतस्त्वया युद्धे पराजितः ॥ क्रव्यादो बाधते लोकानासुरेणान्तरात्मना ॥ ६९ ॥ योऽप्यसौ हयविक्रान्तो हयग्रीवश्चनामतः ॥ केशी नाम हयो जातः स तस्यैव जघन्यजः ॥ ७० ॥ स दुष्टो हेषितपटुः केसरी निरवग्रहः ॥ वृन्दावने वसत्येको नृणां मांसानि भक्षयन् ॥ ७१ ॥ अरिष्टो बलिपुत्रश्च ककुद्मी वृषरूपधृक् ॥ गवामरित्वमापन्नः कामरूपी महासुरः ॥ ७२ ॥ रिष्टो नाम दितेः पुत्रो वरिष्ठो दानवेषु यः ॥ स कुञ्जरत्वमापन्नो दैत्यः कंसस्य वाहनः ॥ ७३ ॥ लम्बो नामेति विख्यातो योऽसौ दैत्येषु दर्पितः ॥ प्रलम्बो नाम दैत्योऽसौ वटं भाण्डीरमाश्रितः ॥ ७४ ॥ खर

॥ ६४–६७ ॥ राजधर्ममें कंसकी रुचि नहीं है। उसके आत्मीय जन भी उससे प्रसन्न नहीं रहते। वह अपने राज्यकी भी कुछ भलाई नहीं करता। वह सदा क्रोधमें भरा रहता है और नित्य झगड़ेकी बात सोचता है ॥ ६८ ॥ कालनेमि ही कंसरूपमें उत्पन्न हुआ है। कच्चा मांस खानेवाले राक्षसोंकी तरह अपने आसुर स्वभावसे उसने सब लोगोंको उद्विग्न कर दिया है ॥ ६९ ॥ अश्वतुल्य पराक्रमी हयग्रीव नामका जो दैत्य था, वह कंसका लघु भ्राता होकर इस समय केशी नामसे उत्पन्न हुआ है ॥ ७० ॥ हिनहिनानेमें निपुण एवं बड़े-बड़े बालोंवाला दुष्ट केशी मनुष्योंका मांस भक्षण करता हुआ अकेला वृन्दावनमें रहता है ॥ ७१ ॥ इच्छानुसार रूप धारण करनेवाला बलिपुत्र अरिष्टासुर ऊँची ककुद् (गर्दनका टीला) वाले बैलका रूप धारण करके गौओंका विनाश कर रहा है ॥ ७२ ॥ दितिपुत्र एवं दानवश्रेष्ठ रिष्ट हाथीरूपसे उत्पन्न होकर इस समय कंसको सवारी देता है ॥ ७३ ॥ भयानक दैत्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लम्ब इस समय प्रलम्ब नामसे उत्पन्न हुआ है और भाण्डीर वटवृक्षपर रहता है ॥ ७४ ॥ खर दैत्य इस समय धेनुकके नामसे विख्यात हो और समस्त प्रजाको उजाड़कर तालवनमें रहता है ॥ ७५ ॥ वाराह और किशोर नामके जो महाबली दो दैत्य थे, वे दोनों इस समय चाणूर-मुष्टिक नामसे प्रसिद्ध होकर अखाड़ोंमें पहलवानी करते हैं ॥ ७६ ॥ हे दानवान्तक ! मय और तार नामसे विख्यात दोनों दानव इस समय भौमासुरकी राजधानी प्राग्ज्योतिषपुरमें डेरा डाले हुए हैं ॥ ७७ ॥ हे विष्णो ! आपने जिन दैत्योंका वध किया था, वे इस समय मानवरूप धारण करके जगतीतलके लोगोंको सता रहे हैं ॥ ७८ ॥ वे आपकी चर्चासे भी द्वेष करते हुए आपके भक्तोंको मारते हैं। आपकी अनुकम्पासे ही उन दुष्टोंका नाश हो सकेगा ॥ ७९ ॥ आकाश, समुद्र और पृथिवी सर्वत्र वे केवल आपसे ही डरते हैं, और किसीसे नहीं ॥८०॥ आपने जिन दुराचारियोंका वध किया, उनकी गति एकमात्र आप ही हैं। जो स्वर्गसे भ्रष्ट हो गये हैं, उनकी गति केवल पृथ्वी है। जो दुराचारी पृथिवीपर मरतें हैं, उनके लिए स्वर्गगति निश्चित होते हुए भी, यदि आप प्रतिकूल रहते हैं तो उनका स्वर्गगमन बहुत कठिन

इत्युच्यते दैत्यो धेनुकः सोऽसुरोत्तमः ॥ घोरं तालवनं दैत्यश्चरत्युत्सादयन्प्रजाः ॥ ७५ ॥ वाराहश्च किशोरश्च दानवौ यौ महाबलौ ॥ मल्लौ रङ्गगतौ तौ तु जातौ चाणूरमुष्टिकौ ॥ ७६ ॥ यौ तौ मयश्च तारश्च दानवौ दानवान्तक ॥ प्राग्ज्योतिषे तौ भौमस्य नरकस्य पुरे रतौ ॥ ७७ ॥ एते दैत्या विनिहतास्त्वया विष्णो निराकृताः ॥ मानुषं वपुरास्थाय बाधन्ते भुवि मानवान् ॥ ७८ ॥ त्वत्कथाद्वेषिणः सर्वे त्वद्भक्तान्घ्नन्ति मानुषान् ॥ तव प्रसादात्तेषां वै दानवानां क्षयो भवेत् ॥ ७९ ॥ त्वत्तस्ते बिभ्यति दिवि त्वत्तो बिभ्यति सागरे ॥ पृथिव्यां बिभ्यति त्वत्तो नान्यतस्तु कदाचन ॥ ८० ॥ दुर्वृत्तस्य हतस्यापि त्वया नान्येन श्रीधर ॥ दिवश्च्युतस्य दैत्यस्य गतिर्भवति मेदिनी ॥ ८१ ॥ व्युत्थितस्य च मेदिन्यां हतस्य नृशरीरिणः ॥ दुर्लभं स्वर्गगमनं त्वयि जाग्रति केशव ॥ ८२ ॥ तदागच्छ स्वयं विष्णो गच्छामः पृथिवीतलम् ॥ दानवानां विनाशाय विसृजात्मानमात्मना ॥ ८३ ॥ मूर्तयो हि तवाव्यक्ता दृश्यादृश्याः सुरोत्तमैः ॥ तासु सृष्टास्त्वया देवाः संभविष्यन्ति भूतले ॥ ८४ ॥ तवावतरणे विष्णो कंसः स विनशिष्यति ॥ सेत्स्यते तव कार्यार्थो यस्यार्थे भूमिरागता ॥८५॥ त्वं भारते कार्यगुरुस्त्वं चक्षुस्त्वं परायणम् ॥ तदागच्छ हृषीकेश क्षितौ ताञ्जहि दानवान् ॥ ८६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि नारदवाक्यं नाम चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५४ ॥

हो जाता है। अतएव दानवोंका विनाश करनेके लिए आप स्वयं पृथिवीपर अवतार लीजिए ॥८१–८३॥ आपका स्वरूप नितान्त अव्यक्त है। यहाँतक कि ब्रह्मादिक देवता भी आपके विष्णु आदि रूपोंके सिवाय ब्रह्मरूपमें नहीं देख पाते। वे देवता प्रत्यक्ष दिखायी देनेवाले आपके विविध रूपोंको धारण करके धरतीतलपर अवतीर्ण हो चुके हैं। अतएव इसी समय आप भी अवतरित हो जायँ ॥ ८४ ॥ आपके अवतार लेनेसे कंसका नाश होगा और पृथिवी जिस कार्यसे यहाँ आयी है, उसका काम बन जायगा । ८५ ॥ भारतका गुरुतर कार्यभार आपपर निर्भर है। आप भारतके नेत्र और आश्रय हैं। अतएव हे हृषीकेश ! आप भारतभूमिमें जाकर उन दुर्दान्त दानवोंका वध करिए ॥ ८६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुःपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पितामहका उपदेश) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवश्रेष्ठ भगवान मधुसूदन नारदके वचन सुनकर कुछ मुसकाये और कहने लगे—॥ १ ॥ तुमने सारी त्रिलोकीके कल्याणार्थ जो बात कही है अब मैं उसका उत्तर दे रहा हूँ, सुनिए ॥२॥ दानवोंने भूतलपर जाकर जो जो देह धारण किया है, वह सब मैं जानता हूँ ॥३॥ उग्रसेनका पुत्र कंस, अश्वरूपधारी केशी, कुवलयापीड़ हाथी, मल्ल चाणूर-मुष्टिक एवं वृषभरूपधारी अरिष्ट, इन सभी असुरोंको मैं जानता हूँ ॥ ४ ॥ ५ ॥ इनके अतिरिक्त महान् असुर खर, प्रलम्ब, बलिपुत्री पूतना एवं गरुड़के भयसे भागकर यमुनाके दहमें छिपा हुआ कालिय, इन सबसे मैं भली-भाँति परिचित हूँ ॥ ६ ॥ ७ ॥ राजाओंके मस्तकपर विराजमान जरासन्ध भी मुझे ज्ञात है। प्राग्ज्योतिषपुरमें

वैशम्पायन उवाच ॥ नारदस्य वचः श्रुत्वा सस्मितं मधुसूदनः ॥ प्रत्युवाच शुभं वाक्यं वरेण्यः प्रभुरीश्वरः ॥ १ ॥ त्रैलोक्यस्य हितार्थाय यन्मां वदसि नारद ॥ तस्य सम्यक्प्रवृत्तस्य श्रूयतामुत्तरं वचः ॥ २ ॥ विदिता देहिनो जाता मयैते भुवि दानवाः ॥ यां च यस्तनुमादाय दैत्यः पुष्यति विग्रहम् ॥ ३ ॥ जानामि कंसं संभूतमुग्रसेनसुतं भुवि ॥ केशिनं चापि जानामि दैत्यं तुरगविग्रहम् ॥ ४ ॥ नागं कुवलयापीडं मल्लौ चाणूरमुष्टिकौ ॥ अरिष्टं चापि जानामि दैत्यं वृषभरूपिणम् ॥ ५ ॥ विदितो मे खरश्चैव प्रलम्बश्च महासुरः ॥ सा च मे विदिता विप्र पूतना दुहिता बलेः ॥ ६ ॥ कालियं चापि जानामि यमुनाह्रदगोचरम् ॥ वैनतेयभयाद्यस्तु यमुनाह्रदमाविशत् ॥ ७ ॥ विदितो मे जरासन्धः स्थितो मूर्ध्नि महीक्षिताम् ॥ प्राग्ज्योतिषपुरे चापि नरकं साधु तर्कये ॥८॥ मानुषे पार्थिवे लोके मानुषत्वमुपागतम् ॥ बाणं च शोणितपुरे गुहप्रतिमतेजसम् ॥९॥ दृप्तं बाहुसहस्रेण देवैरपि सुदुर्जयम् ॥ मय्यासक्तां च जानामि भारतीं महतीं धुरम् ॥ १० ॥ सर्वं तच्च विजानामि यथा यास्यन्ति ते नृपाः ॥ क्षयो भुवि मया दृष्टः शक्रलोके च सत्क्रिया ॥ एषां पुरुषदेहानामपरावृत्तदेहिनाम् ॥ ११ ॥ संप्रवेक्ष्याम्यहं योगमात्मनश्च परस्य च ॥ संप्राप्य पार्थिवं लोकं मानुषत्वमुपागतः ॥ १२ ॥ कंसादींश्चापि तान्सर्वान्वधिष्यामि महासुरान् ॥ तेन तेन विधानेन येन यः शान्तिमेष्यति ॥ १३ ॥ अनुप्रविश्य योगेन तास्ता हि गतयो मया ॥ अमीषां हि सुरेन्द्राणां हन्तव्या रिपवो युधि ॥ १४ ॥ जगत्यर्थे कृतो योऽयमंशोत्सर्गो दिवौकसैः ॥ सुरदेवर्षिगन्धर्वैरितश्चानुमते मम ॥ १५ ॥ विनिश्चयो हि प्रागेव नारदाय कृतो मया ॥ निवासं ननु मे ब्रह्मन्विदधातु पितामहः ॥ १६ ॥ यत्र देशे

नरकासुर तथा शोणितपुरमें कार्तिकेयतुल्य पराक्रमी महान् असुर बाण मनुष्यरूपमें उत्पन्न हुआ है। इसका भी मुझे पता है ॥ ८ ॥ ९ ॥ बाणासुर अपनी हजार भुजाओंके बूतेपर बड़ा अभिमानी हो गया है और देवताओंके लिए दुर्जेय है। मैं यह भी जानता हूँ कि पृथिवीका भार उतारनेका दायित्व मुझपर ही है ॥ १० ॥ मैं सदा यही सोचा करता हूँ कि कंसादि दुष्ट राजाओंका नाश कैसे हो और स्वर्गलोकका सम्मान कैसे बढ़े। कंसादि असुरोंमेंसे जो जिस प्रकार मरेगा, मैं स्वयं मनुष्यरूपमें अवतार लेकर उसका उसी प्रकार संहार करूँगा। मैं अपने योगबलसे उन दैत्योंकी सारी माया नष्ट कर दूँगा ॥ ११–१४ ॥ देवता, देवर्षि और गन्धर्वगण संसारका कल्याण करनेके लिए जगतीतलमें मेरी अनुमतिसे जिस तरह अपने-अपने अंशसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अवतीर्ण हुए हैं, वह मैंने नारदके समक्ष पूर्वमें ही निश्चित कर दिया था। अब लोकपितामह ब्रह्मा यह बता दें कि किस स्थानपर और किस वेशमें रहकर मुझे उन दैत्योंका विनाश करना होगा ॥ १५–१७ ॥ ब्रह्माजी बोले—हे नारायण! भूलोकमें जो आपके माता-पिता होंगे, आप जिस वंशमें जन्म लेकर उन दुर्दान्त असुरोंका वध करते हुए अपने वंशका विस्तार करके अपनी मर्यादाकी रक्षा करेंगे, उस कार्यका मैं निश्चित उपाय बताता हूँ ॥ १८–२० ॥ यज्ञकार्य सम्पन्न करनेके लिए महात्मा वरुणके पास कुछ दुधार कामधेनु गौवें थीं। भगवान् कश्यप प्रजापति उन गौओंको लेकर अपने घर गये, तब उनकी पत्नी अदिति और सुरभीकी किसी प्रकार यह इच्छा नहीं हुई कि वे गौवें फिर वरुणको लौटायी जायँ ॥ २१ ॥ २२ ॥ इसके बाद एकदिन वरुण मेरे पास आये और प्रणाम करके कहने लगे—भगवन्! मेरे पिता कश्यपने मेरी सब गौवें ले ली हैं। अब वे अपना काम पूरा कर चुके हैं, फिर भी मेरी गायें नहीं लौटा

यथा जाता येन वेषेण वा वसन् ॥ तानहं समरे हन्यां तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १७ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ नारायणेमं सिद्धार्थमुपायं शृणु मे विभो ॥ भुवि यस्ते जनयिता जननी च भविष्यति ॥ १८ ॥ यत्र त्वं च महाबाहो जातः कुलकरो भुवि ॥ यादवानां महद्वंशमखिलं धारयिष्यसि ॥ १९ ॥ तांश्चासुरान्समुत्पाट्य वंशं कृत्वाऽऽत्मनो महत ॥ स्थापयिष्यसि मर्यादां नृणां तन्मे निशामय ॥ २० ॥ पुरा हि कश्यपो विष्णो वरुणस्य महात्मनः ॥ जहार यज्ञिया गा वै पयोदास्तु महामखे ॥ २१ ॥ अदितिः सुरभिश्चैते द्वे भार्ये कश्यपस्य तु ॥ प्रदीयमाना गास्तास्तु नेच्छेतां वरुणस्य वै ॥ २२ ॥ ततो मां वरुणोऽभ्येत्य प्रणम्य शिरसा ततः ॥ उवाच भगवन्गावो गुरुणा मे हृता इति ॥ २३ ॥ कृतकार्यो हि गास्तास्तु नानुजानाति मे गुरुः ॥ अन्ववर्तत भार्ये द्वे अदितिं सुरभिं तथा ॥ २४ ॥ मम ता ह्यक्षया गावो दिव्याः कामदुघाः प्रभो ॥ चरन्ति सागरान्सर्वान्रक्षिताः स्वेन तेजसा ॥ २५ ॥ कस्ता धर्षयितुं शक्तो मम गाः कश्यपादृते ॥ अक्षयं या क्षरन्त्यग्र्यं पयो देवामृतोपमम् ॥ २६ ॥ प्रभुर्वा व्युत्थितो ब्रह्मन्गुरुर्वा यदि वेतरः ॥ त्वया नियम्याः सर्वे वै त्वं हि नः परमा गतिः ॥ २७ ॥ यदि प्रभवतां दण्डो लोके कार्यमजानताम् ॥ न विद्यते लोकगुरोर्न स्युर्वै लोकसेतवः ॥२८॥ यथा वाऽस्तु तथा वाऽस्तु कर्तव्ये भगवान्प्रभुः ॥ मम गावः प्रदीयन्तां ततो गन्ताऽस्मि सागरम्

रहे हैं। प्रत्युत वे अपनी दोनों भार्याओं अदिति और सुरभीके विचारका समर्थन कर रहे हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ मेरी उन कामधेनुओंका विनाश किसी तरह संभव नहीं है। वे अपने तेजके प्रभावसे सुरक्षित रहती हुई समुद्रोंके तटपर विचर रहीं हैं ॥ २५ ॥ यहाँतक कि पिता कश्यपको छोड़कर और कोई उन गौओंको छू भी नहीं सकता। उन गौओंका दूध बड़ा उपयोगी, अमृततुल्य मीठा और अविनाशी होता है ॥ २६ ॥ हे ब्रह्मन्! कोई चाहे प्रभु हो, गुरु हो या और कोई हो, अपनी सीमाका उल्लंघन करनेवाले सभी लोगोंको आप दण्ड दे सकते हैं। आपके अतिरिक्त और कोई मेरी गति नहीं है। क्योंकि आप ही मेरी परम गति हैं। यदि कोई संसारमें अपराध करनेवाले उद्धत पुरुषोंका नियामक होकर दण्ड नहीं देता तो सारा संसार अस्त-व्यस्त हो जाता है और उसकी मर्यादा ही नष्ट हो जाती है ॥२७॥२८॥ हे भगवन्! इस विषयमें चाहे कुछ भी हो, किन्तु आप मेरी गौवें वापस दिला दीजिए। इसके बाद मैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समुद्रको चला जाऊँगा। वे गौवें ही मेरा बल और जीवन हैं। क्योंकि आपने अपनी सृष्टिमें सर्वप्रथम गौओं और ब्राह्मणोंकी ही सृष्टि की थी। अतएव गौओंकी रक्षा आपका प्रधान कर्तव्य है। वे रक्षित गौवें ही ब्राह्मणोंकी रक्षा करेंगी। इस प्रकार गौ-ब्रह्मणोंकी रक्षासे समस्त संसारकी रक्षा हो जायगी। २९-३१ ॥ हे अच्युत! वरुणके ऐसा कहनेपर मैंने इस विषयकी विशेष जानकारी प्राप्त करके कश्यपको शाप देते हुए कहा—॥ ३२ ॥ महर्षि कश्यपने अपने जिस अंशसे गौओंका अपहरण किया है, उसी अंशसे वे भूलोकमें जाकर ग्वाला होंगे ॥ ३३॥ देवमाता अदिति और सुरभी ये दोनों उनकी भार्यायें भी उनके साथ भूलोकमें जायँगी ॥ ३४ ॥ ग्वाले होकर कश्यप अपनी दोनों पत्नियोंके साथ संसारमें विहार करेंगे। तदनुसार इस समय महर्षि कश्यपके ही अनुरूप और उन्हींका अंश वसुदेवनामसे विख्यात होकर गोपालनका कार्य कर रहा है। मथुरा नगरीके पास ही गोवर्द्धन नामका एक पर्वत है। वहाँ ही वसुदेव

॥ २९ ॥ या आत्मदेवता गावो या गावः सत्त्वमव्ययम् ॥ लोकानां त्वत्प्रवृत्तानामेकं गोब्राह्मणं स्मृतम् ॥ ३० ॥ त्रातव्याः प्रथमं गावस्त्रातास्त्रा-
यन्ति ता द्विजान् ॥ गोब्राह्मणपरित्राणे परित्रातं जगद्भवेत् ॥ ३१ ॥ इत्यम्बुपतिना प्रोक्तो वरुणेनाहमच्युत ॥ गवां कारणतत्त्वज्ञः कश्यपे शाप-
मुत्सृजन् ॥ ३२ ॥ येनांशेन हृता गावः कश्यपेन महर्षिणा ॥ स तेनांशेन जगतीं गत्वा गोपत्वमेष्यति ॥ ३३ ॥ या च सा सुरभिर्नाम अदितिश्च
सुरारणिः ॥ तेऽप्युभे तस्य भार्ये वै तेनैव सह यास्यतः ॥ ३४ ॥ ताभ्यां च सह गोपत्वे कश्यपो भुवि रंस्यते ॥ स तस्य कश्यपस्यांशस्तेजसा
कश्यपोपमः ॥ ३५ ॥ वसुदेव इति ख्यातो गोषु तिष्ठति भूतले ॥ गिरिर्गोवर्धनो नाम मथुरायास्त्वदूरतः ॥ ३६ ॥ तत्रासौ गोषु निरतः कंसस्य
करदायकः ॥ तस्य भार्याद्वयं जातमदितिः सुरभिश्च ते ॥ ३७ ॥ देवकी रोहिणी चैव वसुदेवस्य धीमतः ॥ सुरभी रोहिणी देवी चादितिर्देवकी
त्वभूत् ॥ ३८ ॥ तत्र त्वं शिशुरेवादौ गोपालकृतलक्षणः ॥ वर्द्धयस्व महाबाहो पुरा त्रैविक्रमे यथा ॥ ३९ ॥ छादयित्वात्मनात्मानं मायया योगरूपया ॥
तत्रावतर लोकानां भवाय मधुसूदन ॥ ४० ॥ जयाशीर्वचनैस्त्वेते वर्द्धयन्ति दिवौकसः ॥ आत्मानमात्मना हि त्वमवतीर्य महीतले ॥ ४१ ॥ देवकीं
रोहिणीं चैव गर्भाभ्यां परितोषय ॥ गोपकन्यासहस्राणि रमयंश्चर मेदिनीम् ॥ ४२ ॥ गाश्च ते रक्षतो विष्णो वनानि परिधावतः ॥ वनमालापरिक्षिप्तं
धन्या द्रक्ष्यन्ति ते वपुः ॥ ४३ ॥ विष्णो पद्मपलाशाक्ष गोपालवसतिं गते ॥ बाले त्वयि महाबाहो लोको बालत्वमेष्यति ॥ ४४ ॥ त्वद्भक्ताः

राजा कंसके करदाता बनकर गोकुलका आधिपत्य कर रहे हैं। महर्षि कश्यपकी दोनों भार्यायें अदिति तथा सुरभी भी देवकी और रोहिणीके नामसे अवतरी हैं। उनमें सुरभी रोहिणी और अदिति देवकी हुई हैं ॥ ३५-३८ ॥ हे मधुसूदन! लोककल्याणके लिए आप वहाँ ही गोपालके वेशमें अवतीर्ण हों। पूर्वकालमें वामनावतारके समय जैसे आपने अपनी मायासे आत्म-गोपन करके अपना शरीर बढ़ाया था, उसी प्रकार इस समय भी आप गोपबालक होकर अपना शरीर बढ़ाइए ॥ ३९ ॥ ४० ॥ ये इन्द्रादि देवता आपकी जयजयकार करते हुए स्तुति कर रहे हैं। अतएव आप वहाँ जाकर देवकी और रोहिणीके गर्भसे जन्म लेकर उनको सन्तोष दें। वहाँ हजारों गोपियाँ आपका मनोरञ्जन करेंगी ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ जब गौओंको चराते हुए आप वनमें विचरेंगे, उस समय आपका वनमालाविराजित सुन्दर शरीर देखकर लोग अपनेको कृतार्थ समझेंगे ॥ ४३ ॥ हे कमलदलनयन विष्णु! जब आप बालकवेशमें गोपके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घर अवतार लेंगे तो संसारके लोग आपके तत्त्वसे अनभिज्ञ होकर बालकोंकी तरह मोहमें पड़ जायँगे ॥ ४४ ॥ वहाँके सभी गोप आपके अनन्य भक्त एवं वशवर्ती होकर वनों तथा गोशालाओंमें आपकी सहायता करेंगे। जब आप जलकेलिके लिए यमुनामें उतरेंगे, उस समय उनके हर्षका ठिकाना नहीं रहेगा। आप वसुदेवके तो जीवनसर्वस्व ही होंगे ४५॥४६॥ जिनको आप अबतक पिता कहते रहे, वे ही वहाँ भी आपको पुत्र कहकर बुलायेंगे। महर्षि कश्यपके सिवाय भला आप और किसके पुत्र होंगे और अदितिके अतिरिक्त और कौन स्त्री आपको गर्भमें धारण करनेके लिए समर्थ होगी। हे मधुसूदन! अब आप अपने योगबलसे पृथिवीतलके राजाओंको पराजित करनेके लिए भूलोकमें जाइए। हम सब भी अब अपने-अपने घर

पुण्डरीकाक्ष तव चित्तवशानुगाः ॥ वने चारयतो गाश्च गोष्ठेषु परिधावतः ॥ ४५ ॥ मज्जतो यमुनायां च रतिं प्राप्स्यन्ति ते त्वयि ॥ जीवितं वसुदेवस्य भविष्यति सुजीवितम् ॥ ४६ ॥ यस्त्वया तात इत्युक्तः स पुत्र इति वक्ष्यति ॥ अथवा कस्य पुत्रत्वं गच्छेथाः कश्यपादृते ॥ ४७ ॥ का च धारयितुं शक्ता त्वां विष्णो अदितिं विना ॥ योगेनात्मसमुत्थेन गच्छ त्वं विजयाय वै ॥ वयमप्यालयान्स्वान्स्वान्गच्छामो मधुसूदन ॥ ४८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ स देवानभ्यनुज्ञाय विविक्ते त्रिदिवालये ॥ जगाम विष्णुः स्वं देशं क्षीरोदस्योत्तरां दिशम् ॥ ४९ ॥ तत्र वै पार्वती नाम गुहा मेरोः सुदुर्गमा ॥ त्रिभिस्तस्यैव विक्रान्तैर्नित्यं पर्वसु पूजिता ॥ ५० ॥ पुराणं तत्र विन्यस्य देहं हरिरुदारधीः ॥ आत्मानं योजयामास वसुदेवगृहे प्रभुः ॥ ५१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पितामहवाक्यं नाम पञ्चपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५५ ॥

जा रहे हैं ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! श्रीविष्णुभगवान् देवताओंको देवशून्य देवलोक जानेकी अनुमति देकर स्वयं क्षीरसागरके उत्तर अपने आश्रमकी ओर चले गये ॥ ४९ ॥ वहां सुमेरुपर्वतकी जो पार्वती नामकी विकट कन्दरा थी, जो वामनभगवानके चरणचिह्नसे चिह्नित थी और जो प्रतिपर्वपर पूजित होती आ रही थी, उदारबुद्धि नारायणने वहाँ ही अपना पूर्वशरीर रख दिया और धरातलपर आकर वसुदेवके घरसे सम्पर्क स्थापित किया ॥ ५० ॥ ५१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पाण्डेयरामदत्तात्मज पं० रामतेजशास्त्रिकृतभाषाटीकायां पंचपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५५ ॥

॥ समाप्तमिदं प्रथमं हरिवंशपर्व ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति 'नारायणी' भाषाटीकासहिते—

श्रीहरिवंशे (पुराणे) प्रथमं हरिवंशपर्व ॥१॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ 'नारायणी' भाषाटीकासहिते--

श्रीहरिवंशे (पुराणे) द्वितीयं विष्णुपर्व ॥२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(नारद-कंससंवाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान विष्णु स्वयं और सब देवता जब अपने-अपने अंशोंके साथ धरातलपर अवतीर्ण हो गये, तब देवर्षि नारद कंसको यह समाचार सुनानेके लिए मथुरा पधारे। क्योंकि वे भी यही चाहते थे कि कंसका शीघ्र ही विनाश हो जाय ॥ १ ॥ स्वर्गलोकसे चलकर वे मथुराके एक उपवनमें उतरे। वहाँसे उन्होंने उग्रसेनतनय कंसके पास दूत भेजा ॥ २ ॥ उस दूतने कंसको नारदके आगमनका समाचार सुनाया। नारदजीके आनेकी बात सुनते ही कंस शीघ्रतापूर्वक चल पड़ा ॥ ३ ॥ राजा कंस नगरीसे बाहर निकलकर तुरन्त निर्दिष्ट स्थानपर जा पहुँचा और देखा कि पापसम्पर्कशून्य, अग्निसदृश तेजस्वी शरीर एवं सूर्यकी भाँति देदीप्यमान नारदजी समक्ष खड़े हैं। पहुँचते ही उसने मुनिवरको प्रणाम करके उनकी यथाविधि पूजा की ॥४॥५॥ इसके बाद उसने मुनिराजको अग्निके रंगका एक लाल आसन बैठनेके लिए दिया। इन्द्रके मित्र नारदजी उस आसनपर

श्रीगणेशाय नमः ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ज्ञात्वा विष्णुं क्षितिगतं भागांश्च त्रिदिवौकसाम् ॥ विनाशशंसी कंसस्य नारदो मथुरां ययौ ॥१॥ त्रिविष्टपादापतितो मथुरोपवने स्थितः ॥ प्रेषयामास कंसस्य उग्रसेनसुतस्य वै ॥ २ ॥ स दूतः कथयामास मुनेरागमनं वने ॥ स नारदस्यागमनं श्रुत्वा त्वरितविक्रमः ॥ ३ ॥ निर्जगामासुरः कंसः स्वपुर्याः पद्मलोचनः ॥ स ददर्शातिथिं श्लाघ्यं देवर्षिं वीतकल्मषम् ॥ ४ ॥ तेजसा ज्वलनाकारं वपुषा सूर्यवर्चसम् ॥ सोऽभिवाद्यर्षये तस्मै पूजां चक्रे यथाविधि ॥ ५ ॥ आसनं चाग्निवर्णाभं विसृज्योपजहार सः ॥ निषसादासने तस्मिन्स वै शक्रसखो मुनिः ॥ ६ ॥ उवाच चोग्रसेनस्य सुतं परमकोपनम् ॥ पूजितोऽहं त्वया वीर विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ ७ ॥ गते त्वेवं मम वचः श्रूयतां गृह्यतां त्वया ॥ अनुसृत्य दिवोलोकानहं ब्रह्मपुरोगमान् ॥ ८ ॥ गतः सूर्यसखं तात विपुलं मेरुपर्वतम् ॥ स नन्दनवनं चैव दृष्ट्वा चैत्ररथं वनम् ॥ ९ ॥ आप्लुतं सर्वतीर्थेषु सरित्सु सह दैवतैः ॥ दिव्या त्रिधारा दृष्टा मे गङ्गा त्रिपथगामिनी ॥ १० ॥ स्मरणादेव सर्वेषामंहसां या विभेदिनी ॥ उपस्पृष्टं च तीर्थेषु दिव्येषु च यथाक्रमम् ॥११॥ दृष्टं मे ब्रह्मसदनं ब्रह्मर्षिगणसेवितम् ॥ देवगन्धर्वनिर्घोषैरप्सरोभिश्च नादितम् ॥१२॥ सोऽहं कदाचिद्देवानां समाजे मेरुमूर्द्धनि ॥ संगृह्य वीणां संसक्तामगच्छं ब्रह्मणः सभाम् ॥ १३ ॥ सोऽहं तत्र सितोष्णीषान्नानारत्नविभूषितान् ॥ दिव्यासन-

बैठ गये ॥ ६ ॥ तदनन्तर परम क्रोधी उग्रसेनतनय कंससे नारदजीने कहा—हे वीर! आपने भलीभाँति मेरा सत्कार किया ॥७॥ अब मैं जो कुछ कह रहा हूँ, उसे आप ध्यानके साथ सुनें और उसे हृदयङ्गम करें। मैं स्वर्गसे चलकर क्रमशः ब्रह्मलोक प्रभृति विविध लोकोंमें भ्रमण करता हुआ अन्तमें सूर्यभगवानसे अधिष्ठित एवं विस्तृत सुमेरुपर्वतपर जा पहुँचा। वहाँ इन्द्रका नन्दनवन तथा कुबेरका चैत्ररथ उपवन देखकर बहुतेरे देवताओंके साथ पुनीत तीर्थोंमें स्नान किया। इसके बाद मैंने देखा कि जिनका दर्शन करनेसे सब पाप नष्ट हो जाते हैं, वे भगवती त्रिपथगा (तीन धाराओंवाली) गंगाजी वहाँ विराजमान हैं ॥ ८–११ ॥ इस प्रकार क्रमशः सब तीर्थोंमें अवगाहन करके मैं ब्रह्मर्षियों द्वारा सेवित ब्रह्मलोकमें जा उपस्थित हुआ। वहाँका ब्रह्मभवन देवताओं, ऋषियों, गन्धर्वों एवं अप्सराओंके कोलाहलसे परिपूर्ण था ॥ १२ ॥ मैं अपनी वीणा लिये हुए सुमेरुपर्वतपर विद्यमान ब्रह्मसभामें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गया तो देखा कि शुभ्रवर्णकी पगड़ियाँ बाँधे और नाना प्रकारके रत्नालंकार धारण किये ब्रह्मादि देवता दिव्य आसनोंपर बैठे हुए परस्पर मंत्रणा कर रहे हैं ॥ १३ ॥ १४ ॥ मैंने सुना कि वह मन्त्रणा समस्त अनुयायियों समेत आपका वध करनेके लिए ही हो रही थी ॥ १५ ॥ मथुरापुरीमें देवकी नामकी जो आपकी छोटी बहिन है, उसीका आठवाँ पुत्र आपका काल होगा ॥ १६ ॥ वह देवताओंका सर्वस्व, स्वर्गका एकमात्र गति और वेदोंका रहस्य है, वही आपका वध करेगा ॥ १७ ॥ वह पूज्यतम देवता आपके पूर्वजन्ममें भी आपकी मृत्युका कारण बन चुका है। यह अद्भुत वृत्तान्त मैंने आपके कानमें डाल दिया। अब आप सतर्कतापूर्वक देवकीके गर्भको नष्ट करनेका उपाय करिए ॥ १८ ॥ १९ ॥ आपपर मेरा अत्यधिक स्नेह है। इसी कारण यह समाचार सुनानेके लिए यहाँ आ गया था। अब मैं जा रहा हूँ। आपका कल्याण हो ॥ २० ॥ ऐसा कहकर नारदके चले जानेपर उनकी बातोंको सोच और दाँत

गतान्देवानपश्यं सपितामहान् ॥ १४ ॥ तत्र मन्त्रयतामेवं देवतानां मया श्रुतः ॥ भवतः सानुगस्यैव वधोपायः सुदारुणः ॥ १५ ॥ तत्रैषा देवकी
या ते मथुरायां लघुस्वसा ॥ योऽस्या गर्भोऽष्टमः कंस स ते मृत्युर्भविष्यति ॥ १६ ॥ देवानां स तु सर्वस्वं त्रिदिवस्य गतिश्च सः ॥ परं रहस्यं
वेदानां स ते मृत्युर्भविष्यति ॥१७॥ परोऽपि ह्यपरस्तेषां स्वयंभूश्च दिवौकसाम् ॥ ततस्ते तन्महद्भूतं दिव्यं च कथयाम्यहम् ॥१८॥ श्लाघ्यश्च स हि ते
मृत्युर्भूतपूर्वश्च तं स्मर ॥ यत्नश्च क्रियतां कंस देवक्या गर्भकृन्तने ॥ १९ ॥ एषा मे त्वद्गता प्रीतिर्यदर्थं चाहमागतः ॥ भुज्यंतां सर्वकामार्थाः
स्वस्ति तेऽस्तु व्रजाम्यहम् ॥२०॥ इत्युक्त्वा नारदे याते तस्य वाक्यं विचिन्तयन् ॥ जहासोच्चैस्ततः कंसः प्रकाशदशनश्चिरम् ॥२१॥ सस्मितं चैव
प्रोवाच भृत्यानामग्रतः स्थितः ॥ हास्यः खलु स सर्वेषु नारदो न विशारदः ॥२२॥ नाहं भीषयितुं शक्यो देवैरपि सवासवैः ॥ आसनस्थः शयानो
वा प्रमत्तो मत्त एव च ॥ २३ ॥ योऽहं दोर्भ्यामुदाराभ्यां क्षोभयेयं धरामिमाम् ॥ कोऽस्ति मां मानुषे लोके यः क्षोभयितुमुत्सहेत ॥ २४ ॥ अद्य-
प्रभृति भूतानामहं देवानुवर्तिनाम् ॥ नृपक्षिपशुसंघानां करोमि कदनं महत् ॥ २५ ॥ आज्ञाप्यतां हयः केशी प्रलम्बो धेनुकस्तथा ॥ अरिष्टो वृषभ-
श्चैव पूतना कालियस्तथा ॥ २६ ॥ अटध्वं पृथिवीं कृत्स्नां यथेष्टं कामरूपिणः ॥ प्रहरध्वं च सर्वेषु येऽस्माकं पक्षदूषकाः ॥ २७ ॥ गर्भस्थानामपि

निपोरकर वह बहुत देरतक ठठाता हुआ हँसता रहा ॥ २१ ॥ कुछ देर बाद अपने सेवकोंके आगे मुसकाता हुआ कंस कहने लगा—भृत्यों! नारदकी बातें सर्वथा उपहासके योग्य हैं। उनकी ये बातें समझदारों जैसी नहीं हैं ॥ २२ ॥ क्योंकि मैं समरमें, सोते समय, मत्त तथा प्रमत्त किसी भी अवस्थामें क्यों न रहूँ, मुझे इन्द्रादि देवता भी भयभीत नहीं कर सकते ॥ २३ ॥ मैं अपने बाहुबलसे समस्त पृथिवीको क्षुब्ध कर सकता हूँ। तब भूमण्डलमें ऐसा कौन बलवान् है कि जो मुझे कुपित करनेका साहस करेगा ॥२४॥ आज ही मैं सब मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों तथा जो भी प्राणी देवताओंके समर्थक होंगे, उन सबको एक साथ उजाड़ दूँगा ॥ २५ ॥ हयग्रीव, केशी, प्रलम्ब, धेनुक, अरिष्ट, वृषभ, पूतना और कालिया नागके पास मेरा आदेश भेजकर कहला दो कि वे इच्छानुसार रूप धारण करके सारी पृथिवीपर भ्रमण करें और जहाँ मेरे विपक्षी मिलें, उन्हें मार डालें ॥ २६ ॥ ७ ॥ देवर्षि नारद मुझे गर्भस्थ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बालकका भय दिखा गये हैं। अतएव हयग्रीव-केशी आदि मेरे गण गर्भस्थ बालकोंपर भी दृष्टि रखें ॥ २८ ॥ (सभासदोंकी ओर मुड़कर) तुम लोग उद्वेग त्यागकर परम आनन्दपूर्वक रहो। मुझ जैसे प्रभुके रहते तुम लोगोंको देवलोकसे भी भयभीत नहीं होना चाहिए ॥२९॥ देवर्षि नारद बड़े कौतुकी तथा कलहप्रिय हैं और भेद डालनेमें तो बहुत पटु हैं। परस्पर घुले-मिले दो व्यक्तियोंमें झगड़ा कराके वे आनन्दका अनुभव करते हैं ॥३०॥ लोगोंको उत्तेजित करते हुए घूमना ही उनका धन्धा है। वे अपनी युक्तियोंसे राजाओंके वैरानलको सुलगाया करते हैं ॥ ३१ ॥ किन्तु फिर भी चिन्ताकी आग कंसकी आत्माको झुलस रही थी। ऐसी ही दशामें वह अपने घर गया ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

(योगनिद्राके साथ भगवान विष्णुका वार्तालाप) वैशम्पायन बोले—महाराज! तदनन्तर कंस क्रोधान्ध होकर अपने मंत्रियोंसे बोला—मंत्रियों! तुम लोग देवकीका गर्भ नष्ट करनेके लिए सदा सचेष्ट रहना ॥ १ ॥ पहलेसे ही देवकीके सब गर्भ नष्ट करते चलो। क्योंकि नीतिका कथन है कि जिससे अपनेको भय हो, उसे समूल नष्ट कर दे। देवकी मेरे

गतिर्विज्ञेया चैव देहिनाम् ॥ नारदेन हि गर्भेभ्यो भयं नः समुदाहृतम् ॥ २८ ॥ भवन्तो हि यथाकामं मोदन्तां विगतज्वराः ॥ मां च वो नाथमाश्रित्य नास्ति देवकृतं भयम् ॥ २९ ॥ स तु केलिकिलो विप्रो भेदशीलश्च नारदः ॥ सुश्लिष्टानपि लोकेऽस्मिन्भेदयँल्लभते रतिम् ॥ ३० ॥ कण्डूयमानः सततं लोकानटति चञ्चलः ॥ घटमानो नरेन्द्राणां तन्त्रैर्वैराणि चैव हि ॥ ३१ ॥ एवं स विलपन्नेव वाङ्मात्रेणैव केवलम् ॥ विवेश कंसो भवनं दह्यमानेन चेतसा ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि नारदगमने कंसवाक्यं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ सोऽज्ञापयत संरब्धः सचिवानात्मनो हितान् ॥ यत्ता भवत सर्वे वै देवक्या गर्भकृन्तने ॥ १ ॥ प्रथमादेव हन्तव्या गर्भास्ते सर्व एव हि ॥ मूलादेव तु हन्तव्यः सोऽनर्थो यत्र संशयः ॥ २ ॥ देवकी च गृहे गुप्ता प्रच्छन्नैरभिरक्षिता ॥ स्वैरं चरतु विश्रब्धा गर्भकाले तु रक्ष्यताम् ॥ ३ ॥ मासान्वै पुष्पमासादीन्गणयन्तु मम स्त्रियः ॥ परिणामे तु गर्भस्य शेषं ज्ञास्यामहे वयम् ॥ ४ ॥ वसुदेवस्तु संरक्ष्यः स्त्रीसनाथासु भूमिषु ॥ अप्रमत्तैर्मम हिते रात्रावहनि चैव हि ॥ स्त्रीभिर्वर्षवरैश्चैव वक्तव्यं न तु कारणम् ॥५॥ एष मानुष्यको यत्नो मानुषैरेव साध्यते ॥ श्रूयतां येन दैवं हि मद्विधैः प्रतिहन्यते ॥ ६ ॥ मन्त्रग्रामैः सुविहितैरौषधैश्च सुयोजितैः ॥ यत्नेन चानुकूल्येन दैवमप्यनुलोम्यते ॥ ७ ॥ वैशम्पायन

गुप्तचरोंकी देख-रेखमें है। अतएव जबतक आठवें गर्भका सूत्रपात न हो, तबतक औषधादि देकर उसके गर्भोंको नष्ट करते चलो। तबतक देवकी विश्वस्त चित्तसे स्वेच्छानुसार मेरे अन्तःपुरमें रहेगी। अन्तःपुरचारिणी स्त्रियोंको चाहिए कि सावधानीके साथ उसकी रक्षा करें ॥ २ ॥ ३ ॥ जब देवकीके गर्भ धारणका समय आये तो विशेष ध्यान दिया जाय। उस समय मेरी स्त्रियाँ उत्तम रीतिसे महीनोंकी गणना करेंगी। जिससे कि परिणाममें मैं उसका फल जान सकूँ ॥ ४ ॥ मेरे विश्वस्त सेवक विशेष सावधानीके साथ दिन-रात अन्तःपुरनिवासी वसुदेवकी रक्षा करते हुए कड़ी नजर रक्खें। साथ ही इस बातकी चिन्ता भी रखें कि नगरकी स्त्रियाँ और अन्तःपुरके रक्षक वसुदेवको इस प्रबल देख-रेखका कारण न बता दें ॥५॥ ये सब कार्य मनुष्यसाध्य हैं। उन्हें मनुष्य ही पूर्ण कर सकते हैं। यदि मन्त्र, औषधि, यत्न और आनुकूल्यका भलीभाँति पालन किया जाय तो मेरे जैसे व्यक्ति अनायास भाग्यको भी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने अनुकूल कर सकते हैं ॥ ६ ॥७॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महान् असुर कंस देवर्षि नारदके मुखसे अपने मरणका वृत्तान्त सुनकर भयभीत चित्तसे देवकीके गर्भनाशार्थ मन्त्रणा करने लगा ॥ ८ ॥ उधर भगवान विष्णुने अपने ध्यानयोगसे कंसका गर्भनाशविषयक विचार जान लिया और मनही मन सोचने लगे कि 'भोजपुत्र कंस देवकीके सात गर्भोंको नष्ट कर देगा और मुझे अष्टम गर्भसे जन्म लेकर अपना कार्य करना होगा' ॥ ९ ॥ १० ॥ वे इन बातोंपर विचार कर ही रहे थे, तभी उनको स्मरण आया कि पातालतलमें देवतुल्य पराक्रमी और बहावलवान् कालनेमिके षड्गर्भ नामके छ दानव-पुत्र पड़े सो रहे हैं। वे बड़े तेजस्वी तथा अमृत पिये हुए देवताओंके समान दीर्घायु हैं ॥ ११ ॥ १२ ॥ पूर्वकालमें वे अपने पितामह हिरण्यकशिपुका तिरस्कार करके ब्रह्माजीकी आराधना करने लगे थे ॥ १३ ॥ उन्होंने जटा धारण करके कठोर तपस्या की। इससे प्रसन्न होकर ब्रह्माजीने उन्हें वर दिया ॥१४॥

उवाच ॥ एवं स यत्नवान्कंसो देवकीगर्भकृन्तने ॥ भयेन मन्त्रयामास श्रुतार्थो नारदात्स वै ॥ ८ ॥ एवं श्रुत्वा प्रयत्नं वै कंसस्यारिष्टसंज्ञितम् ॥
अन्तर्द्धानं गतो विष्णुश्चिन्तयामास वीर्यवान् ॥ ९ ॥ सप्तेमान्देवकीगर्भान्भोजपुत्रो वधिष्यति ॥ अष्टमे च मया गर्भे कार्यमाधानमात्मनः ॥ १० ॥
तस्य चिन्तयतस्त्वेवं पातालमगमन्मनः ॥ यत्र ते गर्भशयनाः षड्गर्भा नाम दानवाः ॥ ११ ॥ विक्रान्तवपुषो दीप्तास्तेऽमृतप्राशनोपमाः ॥ अमर-
प्रतिमा युद्धे पुत्रा वै कालनेमिनः ॥ १२ ॥ ते ताततातं संत्यज्य हिरण्यकशिपुं पुरा ॥ उपासांचक्रिरे दैत्याः पुरा लोकपितामहम् ॥ १३ ॥ तप्यमा-
नास्तपस्तीव्रं जटामण्डलधारिणः ॥ तेषां प्रीतोऽभवद्ब्रह्मा षड्गर्भाणां वरं ददौ ॥ १४ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ भो भो दानवशार्दूलास्तपसाऽहं सुतोषितः ॥
ब्रूत वो यस्य यः कामस्तस्य तं तं करोम्यहम् ॥ १५ ॥ ते तु सर्वे समानार्था दैत्या ब्रह्माणमब्रुवन् ॥ यदि नो भगवान्प्रीतो दीयतां नो वरो वरः
॥ १६ ॥ अवध्याः स्याम भगवन्दैवतैः समहोरगैः ॥ शापप्रहरणैश्चैव नियतैः परमर्षिभिः ॥ १७ ॥ यक्षगन्धर्वपतिभिः सिद्धचारणमानवैः ॥ मा
भूद्वधो नो भगवन्ददासि यदि नो वरम् ॥१८॥ तानुवाच ततो ब्रह्मा सुप्रीतेनान्तरात्मना ॥ भवद्भिर्यदिदं प्रोक्तं सर्वमेतद्भविष्यति ॥१९॥ षड्गर्भाणां
वरं दत्त्वा स्वयंभूस्त्रिदिवं गतः ॥ ततो हिरण्यकशिपुः सरोषो वाक्यमब्रवीत् ॥ २० ॥ मामुत्सृज्य वरो यस्माद्वृतो वः पद्मसंभवात् ॥ तस्माद्व-
स्त्याजितः स्नेहः शत्रुभूतांस्त्यजाम्यहम् ॥ २१ ॥ षड्गर्भा इति योऽयं वः शब्दः पित्राऽभिवर्धितः ॥ स एव वो गर्भगतान्पिता सर्वान्वधिष्यति

ब्रह्माजी बोले—हे दानवशार्दूल ! तुम लोगोंकी तपस्यासे मैं बहुत प्रसन्न हूँ। तुम लोगोंमेंसे जो जो चाहता हो, उसकी वह अभिलाषा पूर्ण कर दूँगा ॥१५॥ तब वे परस्पर एकमत होकर बोले—भगवन् ! यदि वास्तवमें आप हम लोगोंपर प्रसन्न हों तो हमें यह वरदान दीजिए कि देवता, बड़े-बड़े सर्प, शापास्त्रधारी महर्षि, यक्ष, गन्धर्व, सिद्ध, चारण और मनुष्यके हाथों हम न मरें। तब ब्रह्माजी प्रसन्न होकर उनसे बोले—तुमने जो अभिलाषा की है, वह पूर्ण होगी ॥ १६–१९ ॥ इस प्रकार षड्गर्भोंको वरदान देकर ब्रह्माजी स्वर्गलोक चले गये। उधर हिरण्यकशिपु अतिशय कुपित होकर षड्गर्भोंसे बोला—तुम लोगोंने मेरा अवहेलना करके ब्रह्माजीसे वर प्राप्त किया है। इस कारण तुम लोगोंपरसे मेरा स्नेह सर्वथा समाप्त होगया। अबसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम मेरे शत्रु हो गये और मैं सदाके लिए तुम्हें त्याग रहा हूँ ॥ २० ॥ २१ ॥ तुम्हारे जिस पिताने तुम्हारा षड्गर्भ नाम रखा है, वही तुम्हारा वध भी करेगा ॥ २२ ॥ एक-एक करके तुम छहों बालक देवकीके गर्भमें पहुँचोगे और कंस द्वारा गर्भावस्थामें ही मार डाले जाओगे ॥ २३ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—महाराज ! उन षड्गर्भोंका स्मरण आनेपर भगवान विष्णु तत्काल पाताललोकको चल पड़े, जहाँ वे असुर जलमय गर्भकी शय्यापर एक साथ सो रहे थे ॥ २४ ॥ भगवानने वहाँ पहुँचकर देखा कि वे षड्गर्भ कालरूपिणी निद्रासे निद्रित होकर जलमें पड़े सो रहे हैं ॥ २५ ॥ बस, भगवान अपने मायाबलसे स्वप्नकी तरह उनके शरीरोंमें प्रविष्ट हो गये और उनके प्राणोंको लेकर निद्रादेवीको सौंप दिया ॥ २६ ॥ और कहा—हे देवि निद्रे ! तुम यहाँसे देवकीके घर जाओ ॥२७॥ वहाँ पहुँचकर इन दानवोत्तम षड्गर्भोंके प्राणोंको क्रमशः एक-एक करके देवकीके गर्भमें स्थापित कर दो ॥२८॥ देवकीके

॥ २२ ॥ षडेव देवकीगर्भाः षड्गर्भा वै महासुराः ॥ भविष्यथ ततः कंसो गर्भस्थान्वो वधिष्यति ॥ २३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ जगामाथ ततो विष्णुः पातालं यत्र तेऽसुराः ॥ षड्गर्भाः संयताः सन्ति जले गर्भगृहेशयाः ॥२४॥ संददर्श जले गुप्तान्षड्गर्भान्गर्भसंस्थितान् ॥ निद्रया कालरूपिण्या सर्वानन्तर्हितान्स वै ॥ २५ ॥ स्वप्नरूपेण तेषां वै विष्णुर्देहानथाविशत् ॥ प्राणेश्वरांश्च निष्कृष्य निद्रायै प्रददौ तदा ॥ २६ ॥ तां चोवाच ततो निद्रां विष्णुः सत्यपराक्रमः ॥ गच्छ निद्रे मयोत्सृष्टा देवकीभवनान्तिकम् ॥ २७ ॥ इमान्प्राणेश्वरान्गृह्य षड्गर्भान्दानवोत्तमान् ॥ सर्वप्राणेश्वरांश्चैव षड्गर्भान्नाम देहिनः ॥ षड्गर्भान्देवकीगर्भे योजयस्व यथाक्रमम् ॥ २८ ॥ जातेष्वेतेषु गर्भेषु नीतेषु च यमक्षयम् ॥ कंसस्य विफले यत्ने देवक्याः सफले श्रमे ॥ २९ ॥ प्रसादं ते करिष्यामि मत्प्रभावसमं भुवि ॥ येन सर्वस्य लोकस्य देवि देवी भविष्यसि ॥ ३० ॥ सप्तमो देवकीगर्भो योंऽशः सौम्यो ममाग्रजः ॥ स संक्रामयितव्यस्ते सप्तमे मासि रोहिणीम् ॥ ३१ ॥ संकर्षणात्तु गर्भस्य स तु संकर्षणो युवा ॥ भविष्यत्यग्रजो भ्राता मम शीतांशुदर्शनः ॥ ३२ ॥ पतितो देवकीगर्भः सप्तमोऽयं भयादिति ॥ अष्टमे मयि गर्भस्थे कंसो यत्नं करिष्यति ॥ ३३ ॥ या तु सा नन्दगोपस्य दयिता भुवि विश्रुता ॥ यशोदा नाम भद्रं ते भार्या गोपकुलोद्वहा ॥ ३४ ॥ तस्यास्त्वं नवमो गर्भः कुलेऽस्माकं भविष्यसि ॥ नव-

गर्भसे जन्म ले-लेकर ये एकके बाद एकके क्रमसे मार डाले जायँगे । ऐसा होनेसे कंसका प्रयत्न व्यर्थ हो जायगा और देवकीका श्रम सफल होगा ॥ २९ ॥ उस समय मैं तुम्हारे ऊपर बहुत प्रसन्न हूँगा । मेरी कृपासे तुम मेरे समान सम्मानित होती हुई सभी प्राणियोंकी पूज्या बन जाओगी ॥ ३० ॥ तदनन्तर चन्द्रमाका जो अंश देवकीके सप्तम गर्भमें प्रविष्ट होगा, वह मेरा ज्येष्ठ भ्राता होगा । सप्तम मासमें वह सातवाँ गर्भ देवकीके गर्भसे ले जाकर रोहिणीके गर्भमें स्थापित कर देना ॥३१॥ गर्भसंकर्षणसे जन्म पानेके कारण उस बालकका संकर्षण नाम पड़ेगा । चन्द्रमाके समान सुन्दर वह शिशु मेरा बड़ा भाई होगा ॥ ३२ ॥ इस प्रकार गर्भका संक्रमण हो जानेपर 'भयके कारण देवकीका गर्भ गिर गया ।' यह खबर फैल जायगी । उसके बाद देवकीके अष्टम गर्भमें मैं जब स्वयं प्रविष्ट हूँगा, तब मुझे मारनेके लिए कंस अनेक उपाय करेगा ॥ ३३ ॥ इस समय वसुदेवके अभिन्न मित्र नन्द नामके जो गोपराज हैं, तुम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनकी पत्नी गोपकन्या यशोदाके नवम गर्भमें प्रवेश करो और कृष्णपक्षकी नवमीको जन्म लो ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उधर मैं भी अर्धरात्रिके समय जब अभिजित् नक्षत्रका योग होगा, तब आनन्दपूर्वक जन्म लूँगा ॥ ३६ ॥ इस प्रकार अष्टम मासमें हम दोनोंके एक साथ जन्म लेनेसे गर्भपरिवर्तन हो जायगा। जिससे कंसके विनाशमें सुविधा होगी ॥ ३७ ॥ ऐसा होनेपर मैं यशोदाके और तुम देवकीके पास पहुँच जाओगी। ऐसी दशामें महान् असुर कंसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जायगी ॥ ३८ ॥ इसके बाद कंस पैर पकड़कर तुम्हें एक शिलातलपर पटकेगा और तुम आकाशमें पहुँचकर शाश्वत स्थान प्राप्त करोगी ॥ ३९ ॥ उसी समय तुम्हारे शरीरकी कान्ति मेरे समान कृष्णवर्ण, मेरी भुजाओंके समान विशाल भुजायें और मुख मेरे बड़े भ्राता बलरामके समान सुन्दर हो जायगा ॥ ४० ॥ तुम अपने हाथोंमें तीन नोकवाला त्रिशूल, सुवर्णकी मूठवाली तलवार, मधुभरा पात्र और सुनिर्मल कमल धारण करोगी ॥ ४१ ॥

म्यामेव संजाता कृष्णपक्षस्य वै तिथौ ॥ ३५ ॥ अहं त्वभिजितो योगे निशाया यौवने स्थिते ॥ अर्द्धरात्रे करिष्यामि गर्भमोक्षं यथासुखम् ॥ ३६ ॥
अष्टमस्य तु मासस्य जातावावां ततः समम् ॥ प्राप्स्यावो गर्भव्यत्यासं प्राप्ते कंसस्य नाशने ॥ ३७ ॥ अहं यशोदां यास्यामि त्वं देवि भज
देवकीम् ॥ आवयोर्गर्भव्यत्यासे कंसो गच्छतु मूढताम् ॥ ३८ ॥ ततस्त्वां गृह्य चरणे शिलायां पातयिष्यति ॥ निरस्यमाना गगने स्थानं
प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥ ३९ ॥ मच्छवीसदृशी कृष्णा संकर्षणसमानना ॥ बिभ्रती विपुलौ बाहू मम बाहूपमौ दिवि ॥ ४० ॥ त्रिशिखं शूलमुद्यम्य
खड्गं च कनकत्सरुम् ॥ पात्रीं च पूर्णां लघुना पङ्कजं च सुनिर्मलम् ॥ ४१ ॥ नीलकौशेयसंवीता पीतेनोत्तरवाससा ॥ शशिरश्मिप्रकाशेन हारेणो-
रसि राजता ॥४२॥ दिव्यकुण्डलपूर्णाभ्यां श्रवणाभ्यां विभूषिता ॥ चन्द्रसापत्नभूतेन मुखेन त्वं विराजिता ॥४३॥ मुकुटेन विचित्रेण केशबन्धेन
शोभिना ॥ भुजङ्गाभैर्भुजैर्भीमैर्भीषयन्ती दिशो दश ॥४४॥ ध्वजेन शिखिबर्हेण उच्छ्रितेन विराजिता ॥ अङ्गजेन मयूराणामङ्गदेन च भास्वता
॥४५॥ कीर्णा भूतगणैर्घोरैर्मन्नियोगानुवर्तिनी ॥ कौमारं व्रतमास्थाय त्रिदिवं त्वं गमिष्यसि ॥ ४६ ॥ तत्र त्वां शतदृक्छक्रो मत्प्रदिष्टेन कर्मणा ॥
अभिषेकेण दिव्येन दैवतैः सह योक्ष्यते ॥ ४७ ॥ अत्रैव त्वां भगिन्यर्थे गृहीष्यति स वासवः ॥ कुशिकस्य तु गोत्रेण कौशिकी त्वं भविष्यसि

नीलवर्णका रेशमी वस्त्र तुम्हारा परिधान और पीतवसन तुम्हारा उत्तरीय होगा। चन्द्रकिरणोंके समान उज्ज्वल हार तुम्हारे वक्षःस्थलपर रहेगा ॥ ४२ ॥ दो उत्तमकोटिके कुण्डल तुम्हारे दोनों कानोंको विभूषित करेंगे। उस समय चन्द्रमा तुम्हारी सुन्दर मुखकान्ति देखकर सपत्नभाव (सौतियाडाह) धारण करेगा ॥ ४३ ॥ विचित्र मुकुट और मनोहर केशबन्धनसे तुम्हारा मस्तक एक प्रकारकी अनुपम शोभासे सुशोभित हो उठेगा। भीषण सर्पों जैसी भयानक तुम्हारी भुजायें देखकर दसों दिशायें भयाकुल हो उठेंगी ॥४४॥ मोरपंखयुक्त ऊँची पताका और तेजस्वी अंगद (बिजायठ) धारण करनेके बाद तो तुम्हारी शोभाकी कोई सीमा ही नहीं रह जायगी ॥ ४५ ॥ उस समय तुम प्रमथगणोंसे घिरकर मेरी आज्ञाओंका पालन करती हुई कौमारव्रत धारण करके स्वर्गलोकमें विराजमान होओगी ॥ ४६ ॥ वहाँ सहस्रलोचन इन्द्र मेरी आज्ञासे तुम्हें अभिषिक्त करके देवताओंमें सम्मिलित कर लेंगे ॥ ४७ ॥ उसी समय इन्द्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हें अपनी बहिन बना लेंगे। कुशिकगोत्रीया होनेके कारण तुम कौशिकी भी कहलाओगी ॥४८॥ देवराज इन्द्र विन्ध्यपर्वतपर तुम्हारे लिए शाश्वत स्थान प्रदान करेंगे। इसके बाद तुम अपने अनुपम प्रभावसे हजारों स्थानोंको शोभित करोगी ॥ ४९ ॥ तुम अपने वरदानसे सब लोगोंकी कामनायें पूर्ण करती हुई इच्छानुसार रूप धारण करके सारी त्रिलोकीमें विचरोगी ॥ ५० ॥ उसी पर्वतपर रहनेवाले शुम्भ-निशुम्भ नामके दो दानवोंको मेरा स्मरण करके तुम सदल-बल नष्ट कर दोगी ॥ ५१ ॥ इसके बाद तुम मांस और बलिप्रिया होकर भूतों-प्रेतोंके साथ भ्रमण करोगी और प्रत्येक नवमीको लोग पशुबलि अर्पण करके तुम्हारी पूजा करेंगे ॥ ५२ ॥ हमारे प्रभावसे परिचित जो लोग तुम्हें प्रणाम करेंगे, उन्हें धन-पुत्र आदि किसी भी वस्तुकी कमी न रहेगी ॥ ५३ ॥ कोई मनुष्य किसी वनमें भटक गया हो, महासमुद्रमें डूब रहा हो अथवा डाकुओंके हाथ पड़ गया हो, वह ज्यों ही तुम्हारा स्मरण करेगा, तुम तत्काल

॥ ४८ ॥ स ते विन्ध्ये नगश्रेष्ठे स्थानं दास्यति शाश्वतम् ॥ ततः स्थानसहस्रैस्त्वं पृथिवीं शोभयिष्यसि ॥ ४९ ॥ त्रैलोक्यचारिणी सा त्वं भुवि सत्योपयाचना ॥ चरिष्यसि महाभागे वरदा कामरूपिणी ॥ ५० ॥ तत्र शुम्भनिशुम्भौ द्वौ दानवौ नगचारिणौ ॥ तौ च कृत्वा मनसि मां सानुगौ नाशयिष्यसि ॥५१॥ कृत्वाऽनुयात्रां भूतैस्त्वं सुरामांसबलिप्रिया ॥ तिथौ नवम्यां पूजां त्वं प्राप्स्यसे सपशुक्रियाम् ॥ ५२ ॥ ये च त्वां मत्प्रभावज्ञाः प्रणमिष्यन्ति मानवाः ॥ तेषां न दुर्लभं किञ्चित्पुत्रतो धनतोऽपि वा ॥ ५३ ॥ कान्तारेष्ववसन्नानां मग्नानां च महार्णवे ॥ दस्युभिर्वा निरुद्धानां त्वं गतिः परमा नृणाम् ॥ ५४ ॥ त्वां तु स्तोष्यन्ति ये भक्त्या स्तवेनानेन वै शुभे ॥ तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥ ५५ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भारावतरणे निद्रासंविज्ञानो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ आर्यास्तवं प्रवक्ष्यामि यथोक्तमृषिभिः पुरा ॥ नारायणीं नमस्यामि देवीं त्रिभुवनेश्वरीम् ॥ १ ॥ त्वं हि सिद्धिर्धृतिः कीर्तिः श्रीर्विद्या सन्नतिर्मतिः ॥ संध्या रात्रिः प्रभा निद्रा कालरात्रिस्तथैव च ॥ २ ॥ आर्या कात्यायनी देवी कौशिकी ब्रह्मचारिणी ॥ जननी सिद्धसेनस्य उग्रचारी महाबला ॥ ३ ॥ जया च विजया चैव पुष्टिस्तुष्टिः क्षमा दया ॥ ज्येष्ठा यमस्य भगिनी नीलकौशेयवासिनी

उसका संकट काट दोगी ॥ ५४ ॥ हे देवि ! जो लोग आगे कहे जानेवाले स्तोत्रसे भक्तिपूर्वक तुम्हारी स्तुति करेंगे, वे नित्य मेरा दर्शन पायेंगे—उन्हें मैं कभी भी न छोड़ूँगा ॥ ५५ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं॰ रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

(आर्यास्तव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पूर्वकालमें ऋषियोंने जिस रीतिसे आर्यास्तव कहा है, इस समय मैं वही आपसे कहूँगा। हे त्रिभुवनेश्वरि देवि ! आपको नमस्कार है ॥ १ ॥ हे माता ! तुम मुक्ति, श्री, धृति, कीर्ति, लज्जा, सन्नति, मति, सन्ध्या, रात्रि, प्रभा, निद्रा और कालरात्रि हो ॥ २ ॥ तुम्हीं आर्या, कात्यायनी, देवी कौशिकी, ब्रह्मचारिणी, कार्तिकेयकी माता, उग्र तापसी और महाबलवती माता हो ॥ ३ ॥ संसारमें लोग तुम्हें जया, विजया, तुष्टि, पुष्टि, क्षमा, दया, नील कौशेयवसनधारिणी तथा यमराजकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ज्येष्ठ बहिन कहते हैं ॥ ४ ॥ तुम बहुरूपा, विरूपा, अनेक प्रकारके कार्य करनेवाली, विरूपाक्षी और विशालाक्षी नामसे विख्यात हो। तुम सदा अपने भक्तोंकी रक्षा करती हो ॥ ५ ॥ हे महादेवि ! तुम पर्वतशिखरोंपर, संकटके स्थलोंपर, नदियोंमें, गुफाओंमें, वनों तथा उपवनोंमें निवास करती हो ॥६॥ शबर, बर्बर और पुलिन्द जातिके भी लोग तुम्हारी पूजा करते हैं। तुम मोरपंखकी ध्वजा धारण करके लोगोंपर आक्रमण करती हो ॥ ७ ॥ तुम कुक्कुट, छाग, मेष (भेंड़), सिंह और व्याघ्रोंसे परिवेष्टित होकर निरन्तर घंटोंकी ध्वनिसे मुखरित विन्ध्यपर्वतपर निवास करती हो ॥ ८ ॥ तुम किसी हाथमें त्रिशूल और किसी भुजामें पट्टिश धारण किये रहती हो। सूर्य और चन्द्रमा तुम्हारी पताकाके सदृश हैं। तुम कृष्णपक्षकी नवमी और शुक्लपक्षकी एकादशी हो ॥ ९ ॥ तुम बलदेवकी भगिनी, कलहप्रिया, रजनी, सभी जीवोंकी आवासभूमि, सब प्राणियोंकी भक्ति और सब जीवोंकी मुक्तिस्वरूपा हो ॥ १० ॥ तुम नन्दगोपकी कन्या, देवताओंको विजयदायिनी, चीरवासा, सुवासा, रौद्री, सन्ध्याचरी और निशा हो ॥ ११ ॥ तुम प्रकीर्णकेशी (छितराये केशोंवाली), मृत्यु तथा मांस-ओदनप्रिया

॥ ४ ॥ बहुरूपा विरूपा च अनेकविधिचारिणी ॥ विरूपाक्षी विशालाक्षी भक्तानां परिरक्षिणी ॥ ५ ॥ पर्वताग्रेषु घोरेषु नदीषु च गुहासु च ॥ वासस्तव महादेवि वनेषूपवनेषु च ॥ ६ ॥ शबरैर्बर्बरैश्चैव पुलिन्दैश्च सुपूजिता ॥ मयूरपिच्छध्वजिनी लोकान्क्रमसि सर्वशः ॥ ७ ॥ कुक्कुटैश्छागलैर्मेषैः सिंहैर्व्याघ्रैः समाकुला ॥ घण्टानिनादबहुला विन्ध्यवासिन्यभिश्रुता ॥ ८ ॥ त्रिशूली पट्टिशधरा सूर्यचन्द्रपताकिनी ॥ नवमी कृष्णपक्षस्य शुक्लस्यैकादशी तथा ॥ ९ ॥ भगिनी बलदेवस्य रजनी कलहप्रिया ॥ आवासः सर्वभूतानां निष्ठा त्वं परमा गतिः ॥ १० ॥ नन्दगोपसुता चैव देवानां विजयावहा ॥ चीरवासाः सुवासाश्च रौद्री संध्याचरी निशा ॥ ११ ॥ प्रकीर्णकेशी मृत्युश्च तथा मांसौदनप्रिया ॥ लक्ष्मीरलक्ष्मीरूपेण दानवानां वधाय च ॥ १२ ॥ सावित्री चापि देवानामार्या मन्त्रगणस्य च ॥ कन्यानां ब्रह्मचर्यत्वं सौभाग्यं प्रमदासु च ॥ १३ ॥ अन्तर्वेदी च यज्ञानामृत्विजां चैव दक्षिणा ॥ कर्षुकाणां च सीतेति भूतानां धरणीति च ॥ १४ ॥ सिद्धिस्त्वं यात्रिकाणां तु माता भूतगणस्य च ॥ यक्षाणां प्रथमा यक्षी नागानां सुरसेति च ॥ १५ ॥ ब्रह्मवादिन्यथो दीक्षा शोभा च परमा तथा ॥ ज्योतिषां त्वं प्रभा देवि नक्षत्राणां च रोहिणी ॥ १६ ॥ राजद्वारेषु तीर्थेषु नदीनां सङ्गमेषु च ॥ पूर्णा च पूर्णिमा चन्द्रे त्वं बुद्धिरम्बिका शुचिः ॥ १७ ॥ सरस्वती च वाल्मीके स्मृ-

हो। तुम वास्तवमें लक्ष्मी हो, किन्तु दानवोंका वध करनेके लिए अलक्ष्मीरूपमें अवतरित होती हो ॥ १२ ॥ हे देवि ! तुम वेदोंकी सावित्री, भूतगणोंकी माता एवं यज्ञकी वेदीपर ऋत्विजोंकी दक्षिणास्वरूपा होकर विराजमान रहती हो। तुम कन्याओंका ब्रह्मचर्य तथा स्त्रियोंका सोहाग हो। तुम किसानोंकी सीता (हलका फाल) और सब प्राणियोंकी धरणी ही ॥ १३ ॥ १४ ॥ तुम यात्रियोंकी सिद्धि, भूतोंकी माता, यक्षोंकी प्रथम यक्षी और नागोंकी माता सुरसा हो ॥ १५ ॥ तुम ब्रह्मवादिनी, दीक्षा और परम शोभा हो। तुम तेजस्वी प्राणियोंकी प्रभा और नक्षत्रोंकी रोहिणी हो ॥ १६ ॥ राजद्वार, दुर्गम स्थान और नदीसंगम सर्वत्र तुम लक्ष्मीरूपसे विराजमान रहती हो। तुम चन्द्रमाकी पूर्णिमा, बुद्धि, शुचि तथा अम्बिका नामसे विख्यात हो ॥ १७ ॥ तुम महर्षि वाल्मीकिकी सरस्वती, व्यासकी स्मृति, ऋषियोंकी धर्मबुद्धि, देवताओंकी मनोवृत्ति और भूतगणोंमें सुरास्वरूपा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होकर स्तूयमान होती हो। सभी लोग अपने-अपने कार्यनिर्देश द्वारा तुम्हारी स्तुति कर सकते हैं ॥१८॥ तुम देवराज इन्द्रकी सहस्रनयनसम्पन्न मनोहारिणी दृष्टि हो। तुम तपस्वियोंकी पूज्या और अग्निहोत्रियोंकी अरणी हो ॥१९॥ तुम्हीं सब प्राणियोंकी क्षुधा तथा देवताओंकी तृप्ति हो। तुम्हीं स्वाहा, तृप्ति, धृति, मेधा और वसुओंकी वसुमती हो ॥२०॥ तुम मनुष्योंकी आशा और कृतकृत्य जीवोंकी पुष्टि हो। तुम्हीं दिशा, विदिशा, अग्निशिखा, प्रभा, शकुनी, पूतना, सुदारुणा, रेवती, सर्वभूतमोहिनी निद्रा और क्षत्रिया हो ॥ २१ ॥ २२ ॥ तुम सब विद्याओंमें ब्रह्मविद्या, ओंकार तथा वषट्कार हो और सब ऋषि तुम्हें स्त्रियोंमें पार्वती कहकर पुकारते हैं ॥ २३ ॥ प्रजापतियोंके वचनकी तरह पवित्र तुम्हें सब लोग पतिव्रता स्त्रियोंमें अरुन्धती कहते हैं। तुम अपने दिव्य और यथार्थ नामोंसे विख्यात होती हुई इन्द्राणी भी कहलाती हो ॥ २४ ॥ इस स्थावर-जंगमात्मक जगत्में कोई भी ऐसी जगह नहीं है कि जहाँ

तीर्द्वैपायने तथा ॥ ऋषीणां धर्मबुद्धिस्तु देवानां मानसी तथा ॥ सुरादेवी तु भूतेषु स्तूयसे त्वं स्वकर्मभिः ॥ १८ ॥ इन्द्रस्य चारुदृष्टिस्त्वं सहस्रनयनेति च ॥ तापसानां च देवी त्वमरणी चाग्निहोत्रिणाम् ॥१९॥ क्षुधा च सर्वभूतानां तृप्तिस्त्वं दैवतेषु च ॥ स्वाहा तृप्तिर्धृतिर्मेधा वसूनां त्वं वसूमती ॥ २० ॥ आशा त्वं मानुषाणां च पुष्टिश्च कृतकर्मणाम् ॥ दिशश्च विदिशश्चैव तथा ह्यग्निशिखा प्रभा ॥ २१ ॥ शकुनी पूतना त्वं च रेवती च सुदारुणा ॥ निद्राऽपि सर्वभूतानां मोहिनी क्षत्रिया तथा ॥ २२ ॥ विद्यानां ब्रह्मविद्या त्वं त्वमोङ्कारो वषट् तथा ॥ नारीणां पार्वती च त्वां पौराणीमृषयो विदुः ॥ २३ ॥ अरुन्धती च साध्वीनां प्रजापतिवचो यथा ॥ पर्यायनामभिर्दिव्यैरिन्द्राणी चेति विश्रुता ॥ २४ ॥ त्वया व्याप्तमिदं सर्वं जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥ संग्रामेषु च सर्वेषु अग्निप्रज्वलितेषु च ॥ नदीतीरेषु चौरेषु कान्तारेषु भयेषु च ॥ २५ ॥ प्रवासे राजबन्धे च शत्रूणां च प्रमर्दने ॥ प्राणात्ययेषु सर्वेषु त्वं हि रक्षा न संशयः ॥ २६ ॥ त्वयि मे हृदयं देवि त्वयि चित्तं मनस्त्वयि ॥ रक्ष मां सर्वपापेभ्यः प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥ २७ ॥ इमं यः सुस्तवं दिव्यमिति व्यासप्रकल्पितम् ॥ यः पठेत्प्रातरुत्थाय शुचिः प्रयतमानसः ॥ २८ ॥ त्रिभिर्मासैः कांक्षितं च फलं वै संप्रयच्छति ॥ षड्भिर्मासैर्वरिष्ठं तु वरमेकं प्रयच्छति ॥२९॥ अर्चिता तु त्रिभिर्मासैर्दिव्यं चक्षुः प्रयच्छति ॥ संवत्सरेण सिद्धिं तु यथाकामं प्रयच्छति ॥ ३० ॥ सत्यं ब्रह्म च दिव्यं च द्वैपायनवचो यथा ॥ नृणां बन्धं वधं घोरं पुत्रनाशं धनक्षयम् ॥ ३१ ॥ व्याधिमृत्युभयं चैव पूजिता

तुम विद्यमान न होओ। फिर वह चाहे संग्रामभूमि हो, आग हो, नदीतट हो, चोरसमुदाय हो, वन तथा कोई भी भयावनी जगह क्यों न हो ॥२५॥ प्रवास, राजबन्धन, शत्रुसंघर्ष और प्राणवियोग सर्वत्र तुम रक्षास्वरूपा होकर विराजमान रहती हो। इसमें कुछ सन्देह नहीं है ॥२६॥ हे माता! मैंने अपना हृदय, मन और चित्त सब तुम्हें अर्पण कर दिया है। अतएव तुम मुझपर प्रसन्न होओ और सब पापोंसे बचाओ ॥२७॥ जो प्राणी वेदव्यासके बनाये हुए इस स्तोत्रका नित्य प्रातःकाल उठकर संयत मनसे पवित्रताके साथ पाठ करता है तो भगवती प्रसन्न होकर तीन महीनेमें उसकी कामना पूर्ण कर देती हैं। छ महीनेतक इस स्तोत्रका पाठ करनेसे उत्कृष्ट वर प्राप्त होता है ॥ २८ ॥ २९ ॥ तीन मास पूजन करनेसे दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है और पूरे वर्षभर पूजन करनेसे सिद्धि सुलभ हो जाती है ॥ ३० ॥ द्वैपायन वेदव्यासका कथन है कि इस स्तोत्रका पाठ करनेसे सत्य और दिव्य ब्रह्मचर्यव्रतका पालन होता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे महाराज जनमेजय ! श्रीविष्णुभगवान भगवती कौशिकीसे बोले—हे देवि ! जो तुम्हारी पूजा करेंगे उन्हें तुम वध, बन्धन, पुत्रनाश, धनक्षय, व्याधि तथा मृत्युसे बचाओगी । तुम इच्छानुसार रूप धारण करके सबके लिए वरदायिनी सिद्ध होओगी और कंसको मोहमें डालकर तुम अकेली सारे संसारका भोग करोगी ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ मैं भी गौओंके मध्य रहता हुआ गोपोंकी वृत्ति प्रदान करूँगा । अपनी अभिवृद्धिके लिए मैं कंसका ग्वाला बनूँगा ॥ ३३ ॥ इस प्रकार भगवती कौशिकीको आदेश देकर विष्णुभगवान अन्तर्धान हो गये । निद्रादेवीने भी भगवानकी आज्ञा स्वीकार करके उन्हें प्रणाम किया और वहाँसे चल पड़ीं ॥ ३४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

(श्रीकृष्णभगवानके जन्मका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पूर्वनिर्दिष्ट क्रमसे देवतातुल्य तेजस्विनी देवकीने गर्भ धारण करना प्रारम्भ किया और ज्यों-ज्यों गर्भस्थ शिशु उत्पन्न होने लगे, त्यों-त्यों कंस उन्हें पत्थरपर पटक-पटककर मारने लगा । तदनन्तर जब देवकीने सप्तम गर्भ धारण किया तो योगमायाने अपने मायाबलसे उस गर्भको ले जाकर

शमयिष्यसि ॥ भविष्यसि महाभागे वरदा कामरूपिणी ॥ मोहयित्वा च तं कंसमेका त्वं भोक्ष्यसे जगत् ॥ ३२ ॥ अहमप्यात्मनो वृत्तिं विधास्ये गोषु गोपवत् ॥ स्ववृद्ध्यर्थमहं चैव करिष्ये कंसगोपताम् ॥ ३३ ॥ एवं तां स समादिश्य गतोऽन्तर्द्धानमीश्वरः ॥ सा चापि तं नमस्कृत्य तथाऽस्त्विति च निश्चिता ॥ ३४ ॥ यश्चैतत्पठते स्तोत्रं शृणुयाद्वाऽप्यभीक्ष्णशः ॥ सर्वार्थसिद्धिं लभते नरो नास्त्यत्र संशयः ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि स्वप्नगर्भविधाने आर्यास्तुतिर्नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कृते गर्भविधाने तु देवकी देवतोपमा ॥ जग्राह सप्त तान्गर्भान्यथावत्समुदाहृतान् ॥ १ ॥ षड्गर्भान्निःसृतान्कंसस्ताञ्जघान शिलातले ॥ आपन्नं सप्तमं गर्भं सा निनायाथ रोहिणीम् ॥२॥ सार्द्धरात्रे स्थितं गर्भं पातयन्ती रजस्वला ॥ निद्रया सहसाऽऽविष्टा पपात धरणीतले ॥ ३ ॥ सा स्वप्नमिव तं दृष्ट्वा स्वे गर्भे गर्भमादधत् ॥ अपश्यन्ती च तं गर्भं मुहूर्तं व्यथिताऽभवत् ॥ ४ ॥ तामाह निद्रा-संविग्नां नैशे तमसि रोहणीम् ॥ रोहिणीमिव सोमस्य वासुदेवस्य धीमतः ॥ ५ ॥ कर्षणेनास्य गर्भस्य स्वगर्भे चाहितस्य वै ॥ संकर्षणो नाम सुतः शुभे तव भविष्यति ॥ ६ ॥ सा तं पुत्रमवाप्यैव हृष्टा किञ्चिदवाङ्मुखी ॥ विवेश रोहिणी वेश्म सुप्रभा रोहिणी यथा ॥ ७ ॥ तस्य गर्भस्य

रोहिणीके गर्भमें पहुँचा दिया ॥ १ ॥ २ ॥ अर्धरात्रिके समय रजस्वला देवकीका गर्भ गिर गया । इस प्रकार निद्रादेवीके अधीन हो जानेपर देवकी धरतीपर लेट गया ॥ ३ भगवती योगमायाके प्रभावसे वे विशेष कुछ नहीं जान सकीं । केवल स्वप्नवत् यह अनुभव किया कि मैंने गर्भ धारण किया था, सो गिर गया । इसलिए वे थोड़ी देरके लिए व्यथित हुईं ॥४॥ उस रात्रिके घोर अन्धकारमें चन्द्रपत्नी रोहिणीके समान सुन्दरी वसुदेवपत्नी रोहिणीको सम्बोधन करके योगमायाने कहा—॥ ५ ॥ हे शोभने ! देवकीका गर्भ लाकर मैंने तुम्हारे गर्भमें सन्निविष्ट कर दिया है । अतएव इस गर्भसे तुम्हारा जो पुत्र उत्पन्न होगा, वह संसारमें संकर्षण नामसे विख्यात होगा ॥६॥ तदनुसार कुछ समय बाद रोहिणीको पुत्ररत्न प्राप्त हुआ । पुत्रप्राप्तिसे प्रसन्न रोहिणी नीचे मुख करके उस बालकको वैसे ही लेकर अपने घरमें प्रविष्ट हुईं, जैसे चन्द्रमाकी पत्नी रोहणी अपने पुत्र बुधको लेकर घर गयी थीं ॥ ७ ॥ इधर देवकीके सप्तम गर्भकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खोज होने लगी। इसी बीच देवकीकी कोखमें अष्टम गर्भ भी आ गया। जिस उद्देश्यसे कंसने देवकीके सात गर्भोंका नाश किया था, उसी उद्देश्यसे राजमन्त्रीगण उसके गर्भकी रक्षा करने लगे। विष्णुभगवान जिस समय अपनी इच्छासे देवकीके गर्भमें आये, उसी समय भगवानकी आज्ञानुवर्तिनी एवं शरीरसम्भवा निद्रादेवी भी यशोदाके गर्भमें प्रविष्ट हुईं ॥८-१०॥ इसके बाद प्रसवकाल पूर्ण होनेके पहले ही आठवें मास देवकी और यशोदा दोनोंने एक साथ पुत्र और कन्याका प्रसव किया ॥ ११ ॥ जिस रात्रिमें नारायण वृष्णिकुलमें उत्पन्न हुए, उसी रात्रिमें नन्दगोपकी पत्नी यशोदाने भी एक कन्या उत्पन्न की ॥ १२ ॥ यशोदा और देवकी दोनों एक ही समय गर्भवती थीं। अतएव उन दोनोंने अर्धरात्रिके समय अभिजित् नक्षत्रमें कन्या तथा पुत्रको जन्म दिया ॥ १३ ॥ १४ ॥ भगवानके जन्म लेते ही समुद्र उमड़ पड़े, पर्वत हिलने लगे और शान्त अग्नि धधकने लगी ॥ १५ ॥ आनन्ददायी वायु बहने

मार्गेण गर्भमाधत्त देवकी ॥ यदर्थं सप्त ते गर्भाः कंसेन विनिपातिताः ॥ ८ ॥ तं तु गर्भं प्रयत्नेन ररक्षुस्तस्य मन्त्रिणः ॥ सोऽप्यत्र गर्भवसतौ वसत्यात्मेच्छया हरिः ॥ ९ ॥ यशोदाऽपि समाधत्त गर्भं तदहरेव तु ॥ विष्णोः शरीरजां निद्रां विष्णुनिर्देशकारिणीम् ॥१०॥ गर्भकाले त्वसंपूर्णे अष्टमे मासि ते स्त्रियौ ॥ देवकी च यशोदा च सुषुवाते समं तदा ॥११॥ यामेव रजनीं कृष्णो जज्ञे वृष्णिकुलोद्वहः ॥ तामेव रजनीं कन्यां यशोदाऽपि व्यजायत ॥ १२ ॥ नन्दगोपस्य भार्यैका वसुदेवस्य चापरा ॥ तुल्यकालं च गर्भिण्यौ यशोदा देवकी तथा ॥ १३ ॥ देवक्यजनयद्विष्णुं यशोदा तां तु दारिकाम् ॥ मुहूर्तेऽभिजिति प्राप्ते सार्द्धरात्रे विभूषिते ॥ १४ ॥ सागराः समकम्पन्त चेलुश्च धरणीधराः ॥ जज्वलुश्चाग्नयः शान्ता जायमाने जनार्दने ॥ १५ ॥ शिवाश्च प्रववुर्वाताः प्रशान्तमभवद्रजः ॥ ज्योतींष्यतिव्यकाशन्त जायमाने जनार्दने ॥ १६ ॥ अभिजिन्नाम नक्षत्रं जयन्ती नाम शर्वरी ॥ मुहूर्तो विजयो नाम यत्र जातो जनार्दनः ॥ अव्यक्तः शाश्वतः सूक्ष्मो हरिर्नारायणः प्रभुः ॥ १७ ॥ जायमानो हि भगवान्नयनैर्मोहयन्प्रभुः ॥ अनाहता दुन्दुभयो देवानां प्राणदन्दिवि ॥१८॥ आकाशात्पुष्पवृष्टिं च ववर्ष त्रिदशेश्वरः ॥ गीर्भिर्मङ्गलयुक्ताभिः स्तुवन्तो मधुसूदनम् ॥ १९ ॥ महर्षयः सगन्धर्वा उपतस्थुः सहाप्सराः ॥ जायमाने हृषीकेशे प्रहृष्टमभवज्जगत् ॥ २० ॥ इन्द्रश्च त्रिदशैः सार्द्धं तुष्टाव मधुसूदनम् ॥ वसुदेवश्च तं रात्रौ जातं पुत्रमधोक्षजम् ॥ २१ ॥ श्रीवत्सलक्षणं दृष्ट्वा युतं दिव्यैश्च लक्षणैः ॥ उवाच वसुदेवस्तु रूपं संहर वै

लगी, धूल-गुबार शान्त हो गया और सभी नक्षत्र अत्यधिक प्रकाशित हो उठे ॥ १६ ॥ जिस समय भगवान जनार्दनका जन्म हुआ, उस समय अभिजित् नक्षत्र था। जयन्ती नामकी रात्रि थी और विजय नामका मुहूर्त था। उन अव्यक्त, शाश्वत और सूक्ष्म प्रभु नारायणके जन्म लेते ही स्वर्गमें देवताओंकी दुन्दुभियाँ बिना बजायें बजने लगीं ॥१७॥१८॥ देवराज इन्द्र आकाशसे पुष्पवर्षा करने लगे। देवता, महर्षि, गन्धर्व और अप्सरायें मंगलमय वाक्योंका उच्चारण करके उनकी स्तुति करने लगीं। भगवानके जन्मसे सारा संसार निहाल हो उठा ॥१९॥२०॥ उधर देवराज इन्द्र देवताओंके साथ आकर उनकी स्तुति करने लगे। रात्रिके समय भगवानका श्रीवत्सलांछित तथा सुलक्षणसम्पन्न रूप देखकर वसुदेवने उनका सम्बोधन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके कहा—हे प्रभो ! मैं कंससे बहुत डरा हुआ हूँ। इसलिए आप अपने इस रूपका संवरण कर लीजिए। हे कमललोचन ! कंसने आपसे ज्येष्ठ मेरे कई पुत्रोंको मार डाला है॥२१–२३॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवानने वसुदेवकी बात सुनते ही अपना वह दिव्य रूप तिरोहित कर लिया और बोले—पिताजी ! मुझे नन्दगोपके घर ले चलिए ॥ २४ ॥ पुत्रवत्सल वसुदेवने भगवानका वचन सुनते ही बालकको उठा लिया और जल्दी-जल्दी चलकर उसी रात्रिमें यशोदाके घर जा पहुँचे ॥ २५ ॥ वहाँ उन्होंने देवकीके अनजानमें ही अपना बालक सुला दिया और सद्यःप्रसूता कन्याको लेकर चल पड़े। इस प्रकार देवकी और यशोदाके गर्भपरिवर्तनसे भयभीत वसुदेव अपनेको कृतार्थ मानते हुए नन्दगोपके घरसे बाहर हो गये ॥ २६ ॥ २७ ॥ तदनन्तर उन्होंने उग्रसेनके पुत्र कंसको कन्याके जन्मका समाचार सुनाया ॥ २८ ॥ यह हाल सुनते ही कंस अपने रक्षकोंके साथ बड़े वेगसे चल पड़ा और वसुदेवके

प्रभो ॥ २२ ॥ भीतोऽहं देव कंसस्य तस्मादेवं ब्रवीम्यहम् ॥ मम पुत्रा हतास्तेन तव ज्येष्ठाम्बुजेक्षण ॥ २३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ वसुदेववचः श्रुत्वा रूपं चाहरदच्युतः ॥ अनुज्ञाप्य पितृत्वेन नन्दगोपगृहं नय ॥ २४ ॥ वसुदेवस्तु संगृह्य दारकं क्षिप्रमेव च ॥ यशोदाया गृहं रात्रौ विवेश सुतवत्सलः ॥ २५ ॥ यशोदायास्त्वविज्ञातस्तत्र निक्षिप्य दारकम् ॥ प्रगृह्य दारिकां चैव देवकीशयने न्यसत् ॥ २६ ॥ परिवर्ते कृते ताभ्यां गर्भाभ्यां भयविक्लवः ॥ वसुदेवः कृतार्थो वै निर्जगाम निवेशनात् ॥ २७ ॥ उग्रसेनसुतायाथ कंसायानकदुन्दुभिः ॥ निवेदयामास तदा तां कन्यां वरवर्णिनीम् ॥ २८ ॥ तच्छ्रुत्वा त्वरितः कंसो रक्षिभिः सह वेगिभिः ॥ आजगाम गृहद्वारं वसुदेवस्य वीर्यवान् ॥ २९ ॥ स तत्र त्वरितं द्वारि किं जातमिति चाब्रवीत् ॥ दीयतां शीघ्रमित्येवं वाग्भिः समभितर्जयन् ॥ ३० ॥ ततो हाहाकृताः सर्वा देवकीभवने स्त्रियः ॥ उवाच देवकी दीना बाष्पगद्गदया गिरा ॥ ३१ ॥ दारिका तु प्रजातेति कंसं समभियाचती ॥ श्रीमन्तो मे हताः सप्त पुत्रगर्भास्त्वया विभो ॥ ३२ ॥ दारिकेयं हतैवैषा पश्यस्व यदि मन्यसे ॥ दृष्ट्वा कंसस्तु तां कन्यामाकृष्यत मुदायुतः ॥ ३३ ॥ हतैवैषा यदा कन्या जातेत्युक्त्वा वृथामतिः ॥ सा गर्भशयने क्लिष्टा गर्भाम्बुक्लिन्नमूर्द्धजा ॥ ३४ ॥ कंसस्य पुरतो न्यस्ता पृथिव्यां पृथिवीसमा ॥ स चैनां गृह्य पुरुषः समाविध्यावधूय च ॥ ३५ ॥ उद्यच्छन्नेव सहसा शिलायां समपोथयत् ॥ सावऽधूता शिलापृष्ठेऽनिष्पिष्टा दिवमुत्पतत् ॥ ३६ ॥ हित्वा गर्भतनुं सा तु सहसा मुक्तमूर्द्धजा ॥ जगाम

द्वारपर जा धमका ॥ २९ ॥ वहाँ पहुँचते ही वह वसुदेव-देवकीको डराता हुआ बोला—क्या हुआ है ? जो हो, उसे शीघ्र मेरे पास ले आओ ॥ ३० ॥ उसके वचन सुनकर ही देवकीके घरकी स्त्रियाँ हाहाकार करके रो पड़ीं। आँसुओंके कारण भर्राये कंठसे देवकी बोलीं—॥ ३१ ॥ राजन् ! इस बार एक कन्या हुई है। जब तुमने मेरे सात पुत्र मार डाले तो यह कन्या अपने आप मरी समझो। न विश्वास हो तो स्वयं देख लो। ऐसा कहकर देवकीने उस गर्भक्लिष्ट तथा गर्भके जलसे भींगे केशोंवाली कन्याको लाकर कंसके समक्ष धरतीपर सुला दिया। तब प्रसन्न मनसे कंस बोला—'सचमुच यह कन्या तो उत्पन्न होनेके साथ ही मर चुकी है।' ऐसा कहकर उसने कन्याकी टाँग पकड़कर घुमाया और शिलातलपर पटक दिया। इस प्रकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment; Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कंसके द्वारा पटकी जानेपर कन्याने वह गर्भ-जनित कलेवर त्याग दिया और आकाशमें उड़ गयी। इस समय उसके केश छितराये हुए थे और उसका शरीर उत्तम हार तथा दिव्य चन्दनसे चर्चित था ॥ ३२–३७ ॥ मालाओंसे उसका सब अंग सुशोभित था। तेजस्वी मुकुट उसके मस्तकपर विराज रहा था। यह देखकर सब देवता उसकी स्तुति करने लगे ॥३८॥ वह कन्या नील तथा पीत वसन धारण किये थी। हाथीके मस्तककी तरह उभड़े हुए उसके स्तन थे। रथ जैसा विस्तीर्ण उसका जघनप्रदेश था। चन्द्रमाके सदृश सुन्दर उसका मुख था और चार भुजायें थीं ॥ ३९ ॥ कौंधनेवाली बिजलीके समान उसके शरीरकी कान्ति थी। प्रातःकालीन सूर्यके सदृश लाल-लाल उसके नेत्र थे। सायंकालकी मेघयुक्त सन्ध्यासदृश उसके पयोधर थे ॥४०॥ भूतगणोंसे घिरी और उस घटाटोप अन्धकारसे आच्छन्न रात्रिके समय वह कभी नाचती, कभी हँसती और कभी आकाशमें भ्रमण करती हुई उत्तम मदिरा पीने लगी। इसके बाद घोर

कंसमादिश्य दिव्यस्रगनुलेपना ॥ ३७ ॥ हारशोभितसर्वाङ्गी मुकुटोज्ज्वलभूषिता ॥ कन्यैव साऽभवन्नित्यं दिव्या देवैरभिष्टुता ॥ ३८ ॥ नील-
पीताम्बरधरा गजकुम्भोपमस्तनी ॥ रथविस्तीर्णजघना चन्द्रवक्त्रा चतुर्भुजा ॥ ३९ ॥ विद्युद्विस्पष्टवर्णाभा बालार्कसदृशेक्षणा ॥ पयोधरस्तनवती
संध्येव सपयोधरा ॥ ४० ॥ सा वै निशि तमोग्रस्ते बभौ भूतगणाकुले ॥ नृत्यती हसती चैव विपरीतेन भास्वती ॥ ४१ ॥ विहायसि गता
रौद्रा पपौ पानमनुत्तमम् ॥ जहास च महाहासं कंसं च रुषिताऽब्रवीत् ॥ ४२ ॥ कंस कंस विनाशाय यदहं घातिता त्वया ॥ सहसा च समुत्क्षिप्य
शिलायामभिपोथिता ॥ ४३ ॥ तस्मात्तवान्तकालेऽहं कृष्यमाणस्य शत्रुणा ॥ पाटयित्वा करैर्देहमुष्णं पास्यामि शोणितम् ॥ ४४ ॥ एवमुक्त्वा
वचो घोरं सा यथेष्टेन वर्त्मना ॥ खं सा देवालयं देवी सगणा विचचार ह ॥ ४५ ॥ सा कन्या ववृधे तत्र वृष्णिसंघसुपूजिता ॥ पुत्रवत्पाल्यमाना
सा वसुदेवाज्ञया तदा ॥ ४६ ॥ विद्धि चैनामथोत्पन्नामंशाद्देवीं प्रजापतेः ॥ एकानंशां योगकन्यां रक्षार्थं केशवस्य तु ॥ ४७ ॥ तां वै सर्वे सुम-
नसः पूजयन्ति स्म यादवाः ॥ देववद्दिव्यवपुषा कृष्णः संरक्षितो यया ॥ ४८ ॥ तस्यां गतायां कंसस्तु तां मेने मृत्युमात्मनः ॥ विविक्ते देवकीं
चैव व्रीडितः समभाषत ॥४९॥ कंस उवाच ॥ मृत्योः स्वसः कृतो यत्नस्तव गर्भा मया हताः ॥ अन्य एवान्यतो देवि मम मृत्युरुपस्थितः ॥५०॥

अट्टहास करके रोषपूर्वक वह कंससे बोली—॥४१॥४२॥ कंस ओ पापी कंस! मुझे मारनेके लिए ही तूने उठाकर पत्थरपर पटका था ॥४३॥ अतएव जब तेरा विनाशकाल उपस्थित होगा और शत्रुगण तुझे पकड़कर घसीटेंगे, उस समय मैं इन्हीं हाथोंसे तेरा शरीर फाड़कर गरम-गरम रुधिर पान करूँगी ॥ ४४ ॥ हे महाराज! वह कन्या इस प्रकार कठोर वचन कहकर अपने गणोंके साथ आकाशमें विचरण करने लगी ॥ ४५ ॥ बादमें वह देवदेव विष्णुभगवानके आदेशानुसार वृष्णिवंशियोंके घरमें पुत्रके समान बड़े यत्नके साथ प्रतिपालित होती हुई बढ़ने लगी ॥ ४६ ॥ वह साक्षात् भगवान प्रजापतिके अंशसे जायमान हुई थी। अतएव सभी यादव भगवान कृष्णकी रक्षिकास्वरूप उस कन्याका पूजन करने लगे ॥ ४७ ॥ उधर देवतुल्य दिव्य वपुधारिणी वह कन्या इस प्रकार कृष्णकी रक्षा करके जब चली गयी, तब कंस लज्जितभावसे एकान्तमें देवकीके पास जाकर बोला—बहिन! मैंने मृत्युसे बचनेके लिए तुम्हारे कई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुत्रोंको मार डाला, किन्तु अब ज्ञात होता है कि किसी अन्य व्यक्तिके द्वारा मेरी मृत्यु होगी ॥ ४८–५० ॥ मैंने निर्दयी होकर स्वजनोंका ही विनाश किया, किन्तु अनेक उपाय करके भी मैं विधिके विधानको नहीं पलट सका ॥५१॥ हे सती! अब तुम पुत्रविषयक चिन्ता और सन्ताप त्याग दो। समयके फेरसे ही मैं उनके विनाशका कारण बना ॥५२॥ किन्तु विशेष विचार करके देखनेपर तुम्हें ज्ञात होगा कि मुझ जैसा व्यक्ति तो निमित्तमात्र है। वास्तवमें काल ही मनुष्योंका शत्रु है और वही सबका नाश करता है ॥ ५३ ॥ अवश्यम्भावी उपद्रव अनिवार्य होते हैं। किन्तु कष्टकी बात तो यह है कि मनुष्य इस प्रकार दैव द्वारा किये हुए कार्योंका भी कर्ता स्वयं बन बैठता है ॥ ५४ ॥ अब तुम पुत्रोंके लिए चिन्ता मत करो और शोकजनित रुदन त्याग दो। मनुष्योंकी गति ही ऐसी होती है। कालका अतिक्रमण नहीं किया जा सकता ॥५५॥ हे देवकी! मैं पुत्रकी तरह तुम्हारे चरणोंपर माथा टेकता हूँ, तुम मेरे ऊपर कोप न करो। मैंने तुम्हारा बड़ा अपकार किया है ॥ ५६ ॥ राजा कंसके ऐसा कहनेपर दीना देवकी आँखोंमें आँसू भर तथा पति वसुदेवकी ओर निहारकर माताकी तरह आर्द्र-

नैराश्येन कृतो यत्नः स्वजने प्रहृतं मया ॥ दैवं पुरुषकारेण न चातिक्रान्तवानहम् ॥५१॥ त्यज गर्भकृतां चिन्तां संतापं पुत्रजं त्यज ॥ हेतुभूत-
स्त्वहं तेषां सति कालविपर्यये ॥ ५२ ॥ काल एव नृणां शत्रुः कालश्च परिणामकः ॥ कालो नयति सर्वं वै हेतुभूतस्तु मद्विधः ॥५३॥ आगमि-
ष्यन्ति वै देवि यथाभागमुपद्रवाः ॥ इदं तु कष्टं यज्जन्तुः कर्ताऽहमिति मन्यते ॥ ५४ ॥ मा कार्षीः पुत्रजां चिन्तां विलापं शोकजं त्यज ॥ एवं
प्रायो नृणां योनिर्नास्ति कालस्य संस्थितिः ॥ ५५ ॥ एष ते पादयोर्मूर्ध्ना पुत्रवत्तव देवकि ॥ मद्गतस्त्यज्यतां रोषो जानाम्यपकृतं त्वयि ॥ ५६ ॥
इत्युक्तवन्तं कंसं सा देवकी वाक्यमब्रवीत् ॥ साश्रुपूर्णमुखा दीना भर्तारमुपवीक्षती ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठ वत्सेति कंसं मातेव जल्पती ॥ ५७ ॥ देवक्यु-
वाच ॥ ममाग्रतो हता गर्भा ये त्वया कालरूपिणा ॥ कारणं तत्र वै पुत्र कृतान्तोऽप्यत्र कारणम् ॥५८॥ गर्भकृन्तनमेतन्मे सहनीयं त्वया कृतम् ॥
पादयोः पतता मूर्ध्ना स्वं च कर्म जुगुप्सता ॥५९॥ गर्भे तु नियतो मृत्युर्बाल्येऽपि न निवर्तते ॥ युवाऽपि मृत्योर्वशगः स्थविरो मृत एव तु ॥६०॥
कालभूतमिदं सर्वं हेतुभूतस्तु त्वद्विधः ॥ अजाते दर्शनं नास्ति यथा वायुस्तथैव च ॥ ६१ ॥ जातोऽप्यजातताां याति विधात्रा यत्र नीयते ॥
तद्गच्छ पुत्र मा ते भून्मद्गतं मृत्युकारणम् ॥ ६२ ॥ मृत्युनाऽपहृते पूर्वं शेषो हेतुः प्रवर्तते ॥ विधिना पूर्वदृष्टेन प्रजासर्गेण तत्त्वतः ॥ ६३ ॥

हृदय होकर कंससे बोली—वत्स! उठो। तुमने काल बनकर जो मेरे पुत्रोंका विनाश किया है, उसमें तुम कारण नहीं हो। काल ही इस विषयमें प्रधान कारण है ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ जब तुम मेरे पैरोंपर मस्तक रखकर अपने कार्योंके लिए इस प्रकार खेद प्रकट कर रहे हो, तब मैंने तुम्हें क्षमा कर दिया ॥ ५९ ॥ गर्भ, बाल्यावस्था, यौवनावस्था अथवा वार्धक्य किसी भी समय कालका काम नहीं रुकता ॥ ६० ॥ ये सभी स्थितियाँ कालके परिपाकसे ही आती हैं। तुम तो मेरे पुत्रोंके मरणमें निमित्तमात्र हो। पुत्र न हो तो यही अमर्ष रहता है कि हुआ ही नहीं। किन्तु होकर भी उसका न रहना विधाताकी इच्छापर निर्भर करता है। वह जिस जीवको जब जहाँ चाहता है, वहाँ ले जाता है। अतएव हे पुत्र! अब तुम जाओ। 'मैं तुमपर क्रुद्ध हूँ' यह बात मनपर मत लाना ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ जिसको मारना होता है, मृत्यु उसे पहले ही समाप्त कर देती है। बादमें केवल उसका निमित्तमात्र अवशिष्ट रह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाता है ॥ ६३ ॥ जन्मान्तरके पाप, पिता-माताके कार्य एवं जन्मदोषसे ही प्राणीकी मृत्यु होती है। इस विषयमें तुम निर्दोष हो। देवकीके वचन सुनकर कंस अपने घर चला गया ॥ ६४ ॥ किन्तु अभीष्टसिद्धिमें बाधा पड़ जानेके कारण वह बहुत उद्विग्न था और चिन्तारूपी अग्निसे उसे अन्तर्दाह हो रहा था ॥ ६५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

(श्रीकृष्णका व्रजगमन) वैशम्पायन बोले—महाराज! प्रसवके पहले ही वसुदेवने अपनी पत्नी रोहिणीको नन्दगोपके घर भेज दिया था। उसके बाद उन्होंने सुना कि रोहिणीने चन्द्रमासे भी सुन्दर मुखवाला एक पुत्र उत्पन्न किया है ॥१॥ उधर गोपवर नन्द वार्षिक कर देनेके लिए अपने पुत्र और स्त्रीके साथ मथुरा गये हुए थे। यह समाचार सुनकर वसुदेव तत्काल नन्दके पास गये और कहने लगे—गोपवर! यशोदाके साथ शीघ्र व्रजमें जाकर आप दोनों बालकोंका जातकर्म आदि संस्कार सम्पन्न करके उनका पालन करें ॥ २ ॥ ३ ॥

मातापित्रोस्तु कार्येण जन्मतस्तूपपद्यते ॥ निशम्य देवकीवाक्यं स कंसः स्वं निवेशनम् ॥ ६४ ॥ प्रविवेश स संरब्धो दह्यमानेन चेतसा ॥ कृत्ये प्रतिहते दीनो जगाम विमना भृशम् ॥ ६५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रागेव वसुदेवस्तु व्रजे शुश्राव रोहिणीम् ॥ प्रजातां पुत्रमेवाग्रे चन्द्रात्कान्ततराननम् ॥१॥ स नन्दगोपं त्वरितः प्रोवाच शुभया गिरा ॥ गच्छानया सहैव त्वं व्रजमेव यशोदया ॥ २ ॥ तत्र तौ दारकौ गत्वा जातकर्मादिभिर्गुणैः ॥ योजयित्वा व्रजे तात संवर्द्धय यथासुखम् ॥३॥ रौहिणेयं च पुत्रं मे परिरक्ष शिशुं व्रजे ॥ अहं वाच्यो भविष्यामि पितृपक्षेषु पुत्रिणाम् ॥४॥ योऽहमेकस्य पुत्रस्य न पश्यामि शिशोर्मुखम् ॥ ह्रियते हि बलात्प्रज्ञा प्राज्ञस्यापि सतो मम ॥५॥ अस्माद्धि मे भयं कंसान्निर्घृणाद्वै शिशोर्वधे ॥ तद्यथा रौहिणेयं त्वं नन्दगोप ममात्मजम् ॥६॥ गोपायसि यथा तात तत्त्वान्वेषी तथा कुरु ॥ विघ्ना हि बहवो लोके बालानुत्त्रासयन्ति हि ॥७॥ स च पुत्रो मम ज्यायान्कनीयांश्च तवाप्ययम् ॥ उभावपि समं नाम्ना निरीक्षस्व यथासुखम् ॥ ८ ॥ वर्द्धमानावुभावेतौ समानवयसौ यथा ॥ शोभेतां गोव्रजे तस्मिन्नन्दगोप तथा कुरु ॥ ९ ॥ बाल्ये केलिकिलः सर्वो बाल्ये मुह्यति मानवः ॥ बाल्ये चण्डतमः सर्वस्तत्र यत्नपरो भव ॥ १० ॥ न च वृन्दावने कार्यो गवां घोषः कथंचन ॥

यशोदानन्दनका जिस तरह यत्नपूर्वक और स्नेहके साथ पालन करें, ठीक उसी प्रकार रोहिणीके पुत्रका भी पालन करिएगा। उस पुत्रसे ही संसारमें लोग मुझे पुत्रवान् कहेंगे ॥ ४ ॥ मैंने अब तक पुत्रका मुख नहीं देखा है। क्योंकि विज्ञ होता हुआ भी मैं शिशुघाती एवं निर्दयी कंसके भयसे हतबुद्धि हो गया हूँ। अतएव आप विशेष सावधानीके साथ रोहिणी और यशोदाके पुत्रोंकी रक्षा करें। क्योंकि आजकल बालकोंपर नाना प्रकारकी विपत्तियाँ आ रही हैं ॥ ५–७ ॥ आपका पुत्र बड़ा और मेरा बालक छोटा है। अतएव जैसे उन दोनोंकी लगभग समान अवस्था है, वैसे ही उनका समान नामकरण करके विशेष यत्नके साथ प्रतिपालन करिएगा ॥ ८ ॥ हे मित्र! आप ऐसा कुछ करिएगा कि समान अवस्थावाले वे दोनों बालक शीघ्र गौओंके झुण्डमें विचरते दिखायी दें ॥ ९ ॥ बाल्यकालमें प्रायः सभी लोग स्वेच्छाचारी, अज्ञ और उद्दण्ड प्रकृतिके हो जाते हैं। इस विषयमें आप सदा सावधान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रहिएगा ॥ १० ॥ आप वृन्दावनमें गोपोंका निवासस्थान न बनाइएगा। क्योंकि वहाँ पापी केशी, विविध प्रकारके सर्पों, कीड़ों और हिंस्र पक्षियोंका भय बना रहता है। अपने गोष्ठमें भी गौओं-बछड़ोंसे उन्हें बचाते रहिएगा ॥ ११ ॥ १२ ॥ मित्र नन्द! 'रात्रि समाप्त हो गयी है। जानेकी जल्दी करिए' यह कहकर मानों बहुतेरे पक्षी आपके दायें-बायें चक्कर काट रहे हैं ॥ १३ ॥ हे महाराज! गोपराज नन्द महात्मा वसुदेवके मुखसे इन रहस्यकी बातोंको सुनकर सतर्क हो गये और उनसे विदा माँगकर प्रसन्नतापूर्वक यशोदाके साथ सुन्दर कुमारोंके द्वारा ढोयी जानेवाली अपनी पालकीपर सवार हुए। बादमें उन्होंने शिशुको भी लेकर पालनापर बिठा दिया ॥ १४ ॥ १५ ॥ तदनन्तर यमुनातटवर्ती एकान्त तथा अत्यधिक जलवाले मार्गसे चले। उस समय प्रातःकालीन शीतल वायु बह रहा था ॥ १६ ॥ आगे चलकर दूरसे ही हिंस्र जन्तुओंसे हीन गोव्रज दिखायी पड़ा। वह रमणीय प्रदेश गोवर्धन पर्वतके समीप और यमुना नदीके तटपर विद्यमान था। वहाँ सदा शीतल समीर चलता रहता था ॥ १७ ॥ विविध लताओं, गुल्मों और वृक्षोंके समूहोंसे उस स्थानकी शोभा बढ़ रही थी। बहुतेरी दुधार

भेतव्यं तत्र वसता केशिनः पापदर्शिनः ॥ ११ ॥ सरीसृपेभ्यः कीटेभ्यः शकुनिभ्यस्तथैव च ॥ गोष्ठेषु गोभ्यो वत्सेभ्यो रक्ष्यौ ते द्वाविमौ शिशू ॥ १२ ॥ नन्दगोप गता रात्रिः शीघ्रयानो व्रजाशुगः ॥ इमे त्वां व्याहरन्तीव पक्षिणः सव्यदक्षिणम् ॥ १३ ॥ रहस्यं वसुदेवेन सोऽनुज्ञातो महात्मना ॥ यानं यशोदया सार्द्धमारुरोह मुदान्वितः ॥ १४ ॥ कुमारस्कन्धवाह्यानां शिबिकायां समाहितः ॥ संवेशयामास शिशुं शयनीयं महामतिः ॥ १५ ॥ जगाम च विविक्तेन शीतलानिलसर्पिणा ॥ बहूदकेन मार्गेण यमुनातीरगामिना ॥ १६ ॥ सन्ददर्श शुभे देशे गोवर्द्धनसमीपगे ॥ यमुनातीरसंबद्धशीतमारुतसेवितम् ॥ १७ ॥ विरुतश्वापदै रम्यं लतावल्लीमहाद्रुमम् ॥ गोभिस्तृणविलग्नाभिः स्यन्दतीभिरलङ्कृतम् ॥ १८ ॥ समप्रचारं च गवां समतीर्थजलाशयम् ॥ वृषाणां स्कन्धघातैश्च विषाणोद्घृष्टपादपम् ॥ १९ ॥ भासामिषादानुसृतैः श्येनैश्चामिषगृध्नुभिः ॥ शृगालमृगसिंहैश्च वसामेदाशिभिर्वृतम् ॥ २० ॥ शार्दूलशब्दाभिरुतं नानापक्षिसमाकुलम् ॥ स्वादुवृक्षफलं रम्यं पर्याप्ततृणवीरुधम् ॥ २१ ॥ गोव्रणं गोरुतं रम्यं गोपनारीभिरावृतम् ॥ हम्भारवैश्च वत्सानां सर्वतः कृतनिःस्वनम् ॥ २२ ॥ शकटावर्त्तविपुलं कण्टकीवाटसङ्कुलम् ॥ पर्यन्तेष्वावृतं वन्यैर्बृहद्भिः पतितैर्द्रुमैः ॥ २३ ॥ वत्सानां रोपितैः कीलैर्दामभिश्च विभूषितम् ॥ करीषाकीर्णवसुधं कटच्छन्नकुटीमठम् ॥ २४ ॥ क्षेम्यप्रचारबहुलं हृष्टपुष्ट-

गायें वहाँ घास चर रही थीं ॥१८॥ वह स्थान समतल होनेके कारण गौओंको चरनेके लिए उपयुक्त था और उतारकी सुविधासे सम्पन्न अनेक जलाशय विद्यमान थे। साँड़ोंके कन्धोंकी रगड़ तथा शृङ्गप्रहारसे वहाँके वृक्षोंकी छाल छिल गयी थी ॥ १९ ॥ वह वन्यप्रदेश गृध्र, श्येन (बाज), मांसके लोभी शृगाल, मृग और सिंह आदि बसा-मांसभोजी वनपशुओंसे परिपूर्ण था ॥ २० ॥ वहाँ सिंहोंका भीषण गर्जन सदा सुनायी देता था। विविध भाँतिके पखेरू वहाँ सदा विचरते रहते थे। सुस्वादु फलोंकी भी कमी नहीं थी। घास भी वहाँ पर्याप्त मात्रामें थी ॥ २१ ॥ वहाँ चारों ओर गौओंका शब्द सुनायी देता था और अगणित गोपियाँ चलती-फिरती दिखायी देती थीं। सब तरफ बछड़ोंकी हम्भाध्वनि सुनायी देती थी ॥ २२ ॥ बहुतेरी बैलगाड़ियाँ गोलाकार करके खड़ी थीं। स्थान-स्थानपर काँटोंसे रुँधा बाड़ा विद्यमान था। उन बाड़ोंके किनारे-किनारे बहुतसे जंगली वृक्ष गिरे पड़े हुए थे ॥ २३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहीं-कहीं बछड़ोंको बाँधनेके लिए रस्सियोंयुक्त खूँटे गड़े थे। कहीं-कहीं सूखे उपलोंके चूरे बिखरे हुए थे। वहाँके सभी घर तथा मठ फूससे छाये थे ॥ २४ ॥ कभी-कभी वहाँ अच्छे-अच्छे सैनिकोंका आवागमन हुआ करता था। वहाँके सब मनुष्य हृष्ट-पुष्ट थे। कहीं-कहीं मोटी-मोटी रस्सियाँ पड़ी हुई थीं। कहीं-कहीं दही मथते समय घड़ोंका घर्घर शब्द सुनायी दे रहा था ॥ २५ ॥ स्थान-स्थानपर मट्ठे गिरे पड़े थे। दही और मट्ठोंके गिरनेसे वहाँकी मट्टी गीली हो गयी थी। चारों ओर दही मथते समय गोपियोंके हाथोंके आभूषणोंका शब्द सुनायी दे रहा था ॥ २६ ॥ शिखाधारी गोपशिशु खेल रहे थे। गौओंके सभी बाड़ोंका द्वार बन्द था और उनके भीतर गौओंको रहनेके लिए सब प्रकारकी सुविधायें विद्यमान थीं ॥ २७ ॥ पकाये जाते हुए घीकी सुगन्धिसे वहाँका वायु सुगन्धित हो रहा था। चारों ओर नीले-पीले रंगके वस्त्र धारण किये तरुणी स्त्रियाँ दिखायी पड़ रही थीं ॥ २८ ॥ जंगली पुष्पोंके आभूषण तथा अँगिया पहने पनिहारी गोपियाँ मस्तकपर जलभरे कलश धरे श्रेणीबद्ध होकर चल रही थीं। गोपगणोंसे मुखरित उस गोव्रजमें प्रविष्ट होते ही गोपवर नन्द बहुत

जनावृतम् ॥ दामनीपाशबहुलं गर्गरोद्गारनिःस्वनम् ॥ २५ ॥ तक्रनिःस्रावबहुलं दधिमण्डार्द्रमृत्तिकम् ॥ मन्थानवलयोद्गारैर्गोपीनां जनितस्वनम् ॥ २६ ॥ काकपक्षधरैर्बालैर्गोपालैः क्रीडनाकुलम् ॥ सार्गलद्वारगोवाटमध्ये गोस्थानसंकुलम् ॥ २७ ॥ सर्पिषा पच्यमानेन सुरभीकृतमारुतम् ॥ नीलपीताम्बराभिश्च तरुणीभिरलंकृतम् ॥ २८ ॥ वन्यपुष्पावतंसाभिर्गोपकन्याभिरावृतम् ॥ शिरोभिर्धृतकुम्भाभिर्बद्धैरग्रस्तनाम्बरैः ॥ २९ ॥ यमुनातीरमार्गेण जलहारीभिरावृतम् ॥ स तत्र प्रविशन्हृष्टो गोव्रजं गोपनादितम् ॥ ३० ॥ प्रत्युद्गतो गोपवृद्धैः स्त्रीभिर्वृद्धाभिरेव च ॥ निवेशं रोचयामास परिवृत्ते सुखाश्रये ॥ ३१ ॥ सा यत्र रोहिणी देवी वसुदेवसुखावहा ॥ तत्र तं बालसूर्याभं कृष्णं गूढं न्यवेशयत् ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि गोव्रजगमनं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तत्र तस्यासतः कालः सुमहानत्यवर्त्तत ॥ गोव्रजे नन्दगोपस्य बल्लवत्वं प्रकुर्वतः ॥ १ ॥ दारकौ कृतनामानौ ववृधाते सुखं च तौ ॥ ज्येष्ठः संकर्षणो नाम कनीयान्कृष्ण एव तु ॥ २ ॥ मेघकृष्णस्तु कृष्णोऽभूद्देहान्तरगतो हरिः ॥ व्यवर्धत गवां मध्ये सागरस्य इवांबुदः ॥ ३ ॥ शकटस्य त्वधः सुप्तं कदाचित्पुत्रगर्द्धिनी ॥ यशोदा तं समुत्सृज्य जगाम यमुनां नदीम् ॥ ४ ॥ शिशुलीलां ततः

प्रसन्न हुए ॥२९॥३०॥ गोपवर नन्दको देखते ही वहाँके वृद्ध गोपों तथा वृद्धा गोपियोंने उठकर उनकी अगवानी की। तदनन्तर नन्दको शकट आदिसे परिवृत एक सुखदायी स्थानपर ले जाकर बिठाला ॥ ३१ ॥, इसके बाद नन्द वहाँ गये, जहाँ वसुदेवकी प्रियतमा स्त्री रोहिणी बैठी थीं। वहाँ पहुँचकर उन्होंने नवोदित सूर्यके समान तेजस्वी कृष्णको उन्हें दे दिया ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

(भगवान कृष्णद्वारा शकटासुरके वधका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! गोपजनोंकी सुख-सुविधाका सम्पादन करते हुए वहाँ नन्दको रहते बहुत समय व्यतीत हो गया ॥ १ ॥ उधर दोनों पुत्रोंके नामकरणके समय ज्येष्ठ पुत्रका संकर्षण तथा कनिष्ठ पुत्रका कृष्ण नाम पड़ा ॥ २ ॥ भिन्नदेहधारी एवं मेघके समान श्यामवपु भगवान कृष्ण गौओं-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

के मध्य रहते हुए समुद्रके जलकी तरह बड़े आनन्दके साथ बढ़ने लगे ॥ ३ ॥ एक दिन भगवान कृष्णको नींद आ गयी तो एक छकड़ेके नीचे सुलाकर गोपरानी यशोदा स्नान करनेके लिए यमुना चली गयीं ॥ ४ ॥ इधर बालक जाग गया और वह हाथ-पैर फेंककर खेलता हुआ मधुर स्वरमें रुदन करने लगा और उसने स्तनपानकी प्रत्याशावश अपना पैर फैलाकर ऊपरकी ओर फेंका तो वह जिस छकड़ेके नीचे सोया हुआ था, उसे अपने उसी एक पैरके आघातसे उलट दिया ॥५॥६॥ उसी समय स्नान करके गीले वस्त्र पहने दौड़ती हुई यशोदा भी जिसका बछड़ा बँधा हुआ हो, उस गौकी तरह वहाँ जा पहुँचीं। उन्होंने पहुँचकर देखा कि वहाँ आँधी-बवण्डरका नाम भी नहीं है और छकड़ा उलटा पड़ा है। यह देखते ही हाहाकार करती हुई यशोदाने बालकको गोदमें उठा लिया ॥७॥८॥ किन्तु उन्हें यह नहीं ज्ञात हो सका कि छकड़ेको किसने उलट दिया है। अपने बालकको सकुशल देखकर बहुत प्रसन्न मनसे वे बोलीं—वत्स ! तुम्हारे पिता बड़े क्रोधी स्वभावके हैं। मैं तुम्हें निद्रित दशामें इस छकड़ेके नीचे सुलाकर स्नान करने चली गयी थी। इसी बीच छकड़ा उलट गया। यह हाल सुनकर

कुर्वन्स हस्तचरणौ क्षिपन् ॥ रुरोद मधुरं कृष्णः पादावूर्ध्वं प्रसारयन् ॥ ५ ॥ स तत्रैकेन पादेन शकटं पर्यवर्तयत् ॥ न्युब्जं पयोधराकांक्षां चकार
च रुरोद च ॥ ६ ॥ एतस्मिन्नन्तरे प्राप्ता यशोदा शीघ्रगामिनी ॥ स्नाता प्रस्रवदिग्धाङ्गी बद्धवत्सेव सौरभी ॥ ७ ॥ सा ददर्श विपर्यस्तं शकटं
वायुना विना ॥ हाहेति कृत्वा त्वरिता दारकं जगृहे तदा ॥८॥ न सा बुबोध तत्केन शकटं परिवर्तितम् ॥ स्वस्ति मे दारकायेति प्रीता भीता च
साऽभवत् ॥९॥ किं नु वक्ष्यति ते पुत्र पिता परमकोपनः ॥ त्वय्यधःशकटे सुप्ते अकस्माच्च विलोडिते ॥१०॥ किं मे स्नानेन दुःस्नानं किं च मे गमने
नदीम् ॥ पर्यस्ते शकटे पुत्र यं त्वां पश्याम्यपावृतम् ॥ ११ ॥ एतस्मिन्नन्तरे गोभिराजगाम वनेचरः ॥ काषायवाससी बिभ्रन्नन्दगोपो व्रजान्ति-
कम् ॥ १२ ॥ स ददर्श विपर्यस्तं भिन्नभाण्डघटीघटम् ॥ अपास्तधूर्विभिन्नाक्षं शकटं चक्रमौलिनम् ॥ १३ ॥ भीतस्त्वरितमागत्य सहसा साश्रुलो-
चनः ॥ अपि मे स्वस्ति पुत्रायेत्यसकृद्वचनं वदन् ॥ १४ ॥ पिबन्तं स्तनमालक्ष्य पुत्रं स्वस्थोऽब्रवीत्पुनः ॥ वृषयुद्धं विना केन पर्यस्तं शकटं मम
॥ १५ ॥ प्रत्युवाच यशोदा तं भीता गद्गदभाषिणी ॥ न विजानाम्यहं केन शकटं परिवर्तितम् ॥ १६ ॥ अहं नदीं गता सौम्य चैलप्रक्षालनार्थिनी ॥

वे मुझे क्या कहेंगे ॥ ९ ॥ १० ॥ मुझे ऐसे फूहड़ स्नानके लिए नदीपर जानेकी क्या आवश्यकता थी। फिर भी यह मेरा परम सौभाग्य है कि शकट उलट जानेपर भी मैं तुम्हें सकुशल देख रही हूँ ॥११॥ यशोदा यह कह ही रही थीं, उसी समय काषायवसनधारी नन्द गौओंके साथ वनसे लौटकर घर आ पहुँचे ॥ १२ ॥ पहुँचते ही उन्होंने देखा कि वहाँ छकड़ेका अंग-प्रत्यंग टूट गया है। चक्केको धारण करनेवाला धुरा टूट गया है और जुआ अलग फटा पड़ा है ॥ १३ ॥ यह देखते ही नन्द अत्यधिक भयभीत हो तथा आँखोंमें आँसू भरके दौड़ पड़े और बार-बार कहने लगे कि मेरा बच्चा तो अच्छी तरह है ? ॥ १४ ॥ बादमें बच्चेको यशोदाका स्तनपान करते देखकर कुछ स्वस्थ हुए और कहने लगे कि दो बैलोंमें लड़ाई भी नहीं हुई। फिर यह छकड़ा किसने उलट दिया ॥ १५ ॥ यह सुनकर भयभीत भावसे गद्गद वाणीमें यशोदा बोलीं—छकड़ेको किसने उलट दिया, यह मुझे नहीं मालूम ॥१६॥ हे सौम्य !

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैं कपड़े धोनेके लिए नदीपर चली गयी थी। वहाँसे लौटकर आयी तो छकड़ेको इस प्रकार उलटा पड़ा देखा ॥ १७ ॥ जब नन्द-यशोदा इस प्रकार परस्पर बातें कर रहे थे। तभी वहाँपर एकत्रित बालकोंने आकर कहा—इसी बालकने अपने पैरसे यह छकड़ा उलट दिया है। ऐसा होते हमने अपनी आँखों देखा है। यह सुनकर नन्दको बड़ा विस्मय हुआ ॥१८॥१९॥ नन्दको एक तरफ हर्ष था और दूसरी ओर भय। वे बार-बार यही सोच रहे थे कि यह कैसे संभव हुआ। किन्तु साधारण मानवबुद्धिसम्पन्न गोपोंको उन बालकोंकी बातपर विश्वास नहीं हुआ ॥ २० ॥ आश्चर्यसे आँखें फाड़े हुए वे यही कहते रहे कि बड़े विस्मयकी बात है। इसके बाद उन लोगोंने उस टूटे छकड़ेकी सब सामग्री जुटाकर उसे फिरसे जोड़ दिया ॥ २१ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

आगता च विपर्यस्तमपश्यं शकटं भुवि ॥ १७ ॥ तयोः कथयतोरेवमब्रुवंस्तत्र दारकाः ॥ अनेन शिशुना यानमेतत्पादेन लोडितम् ॥ १८ ॥ अस्माभिः संपतद्भिश्च दृष्टमेतद्यदृच्छया ॥ नन्दगोपस्तु तच्छ्रुत्वा विस्मयं परमं ययौ ॥ १९ ॥ प्रहृष्टश्चैव भीतश्च किमेतदिति चिन्तयन् ॥ न च ते श्रद्दधुर्गोपाः सर्वे मानुषबुद्धयः ॥ २० ॥ आश्चर्यमिति ते सर्वे विस्मयोत्फुल्ललोचनाः ॥ स्वे स्थाने शकटं चैव चक्रबन्धमकारयन् ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां शकटभङ्गो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य शकुनीवेषधारिणी ॥ धात्री कंसस्य भोजस्य पूतनेति परिश्रुता ॥ १ ॥ पूतना नाम शकुनी घोरा प्राणभयंकरी ॥ आजगामार्द्धरात्रे वै पक्षौ क्रोधाद्विधुन्वती ॥ २ ॥ ततोऽर्द्धरात्रसमये पूतना प्रत्यदृश्यत ॥ व्याघ्रगम्भीरनिर्घोषं व्याहरन्ती पुनः पुनः ॥ ३ ॥ निलिल्ये शकटाक्षे सा प्रस्नवोत्पीडवर्षिणी ॥ ददौ स्तनं च कृष्णाय तस्मिन्सुप्ते जने निशि ॥ ४ ॥ तस्याः स्तनं पपौ कृष्णः प्राणैः सह विनद्य च ॥ छिन्नस्तनी तु सहसा पपात शकुनी भुवि ॥ ५ ॥ तेन शब्देन वित्रस्तास्ततो बुबुधिरे भयात् ॥ स नन्दगोपो गोपा वै यशोदा च सुविक्लवा ॥ ६ ॥ ते तामपश्यन्पतितां विसंज्ञां विपयोधराम् ॥ पूतनां पतितां भूमौ वज्रेणेव विदारिताम् ॥ ७ ॥ इदं किं त्विति

(भगवान द्वारा पूतनाका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इसके बाद कुछ दिन बीतनेपर भोजराज कंसकी धाय पूतना पक्षिणीका रूप धारण करके क्रोधके साथ दोनों पंख फड़फड़ाती तथा भयानक शब्द करती हुई अर्धरात्रिके समय नन्दगोपके घर पहुँची ॥ १ ॥ २ ॥ तत्पश्चात् व्याघ्रके समान भयंकर गर्जन करनेवाली पूतना बार-बार गर्जन करती तथा दूधकी धारा बरसाती हुई एक छकड़ेके धुरेपर जा बैठी। जब घरके सबलोग सो गये, तब वह कृष्णके पास गयी और उन्हें अपना स्तन पिलाने लगी ॥ ३ ॥ ४ ॥ भगवान कृष्ण भी उसका स्तन पीने लगे। थोड़ी देरमें भगवानने दूधके साथ उसके प्राण भी पी लिये और घोर चीत्कार करती हुई छिन्नस्तनी पूतना धरतीपर लोट गयी ॥ ५ ॥ उसका चीत्कार सुनकर नन्दादि अन्यान्य गोप तथा घबड़ायी हुई यशोदा आदि सब लोग शंकित और भयभीत होते हुए जाग गये ॥ ६ ॥ बादमें उन लोगोंने देखा कि पूतना वज्रविदारित पर्वतकी तरह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अचेत होकर धरतीपर पड़ी है और उसके स्तन कट गये हैं ॥ ७ ॥ उसे देखकर सब लोग चकित हो गये और चारों ओरसे नन्दको घेरकर 'यह बड़े आश्चर्य की बात है। ऐसा कार्य किसने किया ?' इस प्रकार जल्पना करने लगे ॥ ८ ॥ बहुत सोचकर भी वे इसका कोई कारण नहीं समझ सके और 'आश्चर्य है ! आश्चर्य !!' कहते हुए अपने-अपने घर चले गये ॥ ९ ॥ उन विस्मित गोपोंके चले जानेपर घबड़ायी हुई यशोदासे नन्दने पूछा—॥ १० ॥ यह कैसी घटना घट गयी। कुछ समझमें नहीं आता। जो हो, अब मुझे अपने पुत्रके लिए बड़ा भय उपस्थित दिखायी देता है ॥ ११ ॥ भयभीतभावसे यशोदाने कहा—आर्य ! इस विषयमें भी मैं कुछ नहीं जानती। मुझे केवल इतना मालूम है कि मैं अपने बच्चेको गोदमें लेकर सोयी हुई थी। इस भयानक शब्दसे जाग गयी हूँ ॥ १२ ॥ जब यशोदाने भी अनभिज्ञता प्रकट की तो बन्धु-बान्धवों सहित नन्द कंससे भयकी सम्भावना करते हुए बहुत विस्मयमें पड़ गये ॥ १३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

संत्रस्ताः कस्येदं कर्म चेत्यपि ॥ नन्दगोपं पुरस्कृत्य गोपास्ते पर्यवारयन् ॥ ८ ॥ नाध्यगछन्त च तदा हेतुं तत्र कदाचन ॥ आश्चर्यमाश्चर्यमिति ब्रुवन्तोऽनुययुर्गृहान् ॥ ९ ॥ गतेषु तेषु गोपेषु विस्मितेषु यथागृहम् ॥ यशोदां नन्दगोपस्तु पप्रच्छागतसंभ्रमाम् ॥ १० ॥ कोऽयं विधिर्न जानामि विस्मयो मे महानयम् ॥ पुत्रस्य मे भयं तीव्रं भीरुत्वं समुपागतम् ॥ ११ ॥ यशोदा त्वब्रवीद्भीता नार्य जानामि किं त्विदम् ॥ दारकेण सहानेन सुप्ता शब्देन बोधिता ॥ १२ ॥ यशोदायामजानन्त्यां नन्दगोपः सबान्धवः ॥ कंसाद्भयं चकारोग्रं विस्मयं च जगाम ह ॥ १३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां पूतनावधो नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ काले गच्छति तौ सौम्यौ दारकौ कृतनामकौ ॥ कृष्णसंकर्षणौ चोभौ रिङ्गिणौ समपद्यताम् ॥ १ ॥ तावन्योन्यगतौ बालौ बाल्यादेवैकतां गतौ ॥ एकमूर्तिधरौ कान्तौ बालचन्द्रार्कवर्चसौ ॥ २ ॥ एकनिर्माणनिर्मुक्तावेकशय्यासनाशनौ ॥ एकवेषधरावेकं पुष्यमाणौ शिशुव्रतम् ॥ ३ ॥ एककार्यान्तरगतावेकदेहौ द्विधाकृतौ ॥ एककार्यौ महावीर्यावेकस्य शिशुतां गतौ ॥ ४ ॥ एकप्रमाणौ लोकानां देववृत्तान्तमानुषौ ॥ कृत्स्नस्य जगतो गोपौ संवृतौ गोपदारकौ ॥ ५ ॥ अन्योन्यव्यतिषक्ताभिः क्रीडाभिरभिशोभितौ ॥ अन्योन्यकिरणग्रस्तौ चन्द्र-

(यमलार्जुनका धराशायी होना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! नामकरण हो जानेके बाद ज्यों ज्यों समय बीतने लगा, त्यों त्यों सौम्यदर्शन कृष्ण और संकर्षण बढ़ते हुए घुटनोंके बल चलने लगे ॥ १ ॥ उन दोनों बच्चोंकी आकृति, प्रकृति, अशन (भोजन), वसन, भूषण, शयन (बिछौना), कार्य और बल सब कुछ समान था। दोनोंका एकसा रूप था और वे दोनों नवोदित चन्द्रमा तथा प्रातःकालीन सूर्यके समान तेजस्वी थे ॥२॥ उन्हें देखनेसे ऐसा ज्ञात होता था कि मानो एक ही शरीर दो भागोंमें विभक्त होकर उपस्थित हो। उनकी शय्या एक थी और आसन भी एक ही जैसा था। उनकी शिशुसुलभ लीलायें समान थीं और वे दोनों समान वेशधारी थे। उनका एक जैसा काम और एक ही उद्देश्य था ॥३॥४॥ दोनों समान लम्बे थे। देवकार्य साधन करने और विश्वकी रक्षा करनेके लिए उन दोनोंने गोपशरीर धारण किया था ॥ ५ ॥ उन दोनोंकी अलौकिक लीलायें तथा दोनोंका तेज देखकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऐसा लगता था कि मानो आकाशमण्डलमें चन्द्रमा सूर्यकी किरणोंको और सूर्य चन्द्रमाकी किरणोंको ग्रस रहा है ॥ ६ ॥ सर्पके समान लम्बी भुजाओंवाले वे दोनों गोपशिशु शरीरमें धूल लपेटे दृप्त हस्तिशावकोंके समान इधर-उधर विचरने लगे ॥ ७ ॥ स्वामिकार्तिकेयके समान सुन्दर वे दोनों बालक अपने शरीरमें कभी राख, कभी उपलोंका चूर और गोबर लपेटकर वत्सशाला आदि स्थानों तक घुटनेके बल चलते हुए विचरण करने लगे ॥ ८ ॥ ९ ॥ उन्हें देखकर पिता नन्दके आनन्दकी सीमा नहीं रही । वे दोनों वहाँके अन्यान्य लोगोंको चिढ़ाते और हँसते हुए घूमते थे ॥ १० ॥ केशाकुलित नेत्र, चन्द्रवदन तथा अति सुकुमार वे दोनों बालक कुछ दिनों बाद इतने जिद्दी हो गये कि पिता नन्द उन्हें किसी प्रकार अपने काबूमें नहीं रख सके ॥ ११ ॥ १२ ॥ एक दिन यशोदाने बहुत कुपित होकर कमललोचन कृष्णको पकड़ा । फिर छकड़ेके पास ले गयीं और बार-बार धमकाते हुए उनकी कमरमें रस्सी बाँध-

सूर्याविवाम्बरे ॥ ६ ॥ विसर्पन्तौ तु सर्वत्र सर्पभोगभुजावुभौ ॥ रेजतुः पांसुदिग्धाङ्गौ दृप्तौ कलभकाविव ॥ ७ ॥ क्वचिद्भस्मप्रदीप्ताङ्गौ करीषप्रोक्षितौ क्वचित् ॥ तौ तत्र पर्यधावेतां कुमाराविव पावकी ॥ ८ ॥ क्वचिज्जानुभिरुद्घृष्टैः सर्पमाणौ विरेजतुः ॥ क्रीडन्तौ वत्सशालासु शकृद्दिग्धाङ्गमूर्द्धजौ ॥ ९ ॥ शुशुभाते श्रिया जुष्टावानन्दजननौ पितुः ॥ जनं च विप्रकुर्वाणौ विसहन्तौ क्वचित्क्वचित् ॥ १० ॥ तौ तत्र कौतूहलिनौ मूर्द्धजव्याकुलेक्षणौ ॥ रेजतुश्चन्द्रवदनौ दारकौ सुकुमारकौ ॥ ११ ॥ अतिप्रसक्तौ तौ दृष्ट्वा सर्वव्रजविचारिणौ ॥ नाशकत्तौ वारयितुं नन्दगोपः सुदुर्दमौ ॥ १२ ॥ ततो यशोदा संक्रुद्धा कृष्णं कमललोचनम् ॥ आनाय्य शकटीमूले भर्त्सयन्ती पुनः पुनः ॥ १३ ॥ दाम्ना चैवोदरे बद्ध्वा प्रत्यबन्धदुलूखले ॥ यदि शक्नोषि गच्छेति तमुक्त्वा कर्म साऽकरोत् ॥ १४ ॥ व्यग्रायां तु यशोदायां निर्ज्जगाम ततोऽङ्गणात् ॥ शिशुलीलां ततः कुर्वन्कृष्णो विस्मापयन्व्रजम् ॥ १५ ॥ सोऽङ्गणान्निःसृतः कृष्णः कर्षमाण उलूखलम् ॥ यमलाभ्यां प्रवृद्धाभ्यामर्जुनाभ्यां चरन्वने ॥ मध्यान्निश्चक्राम तयोः कर्षमाण उलूखलम् ॥ १६ ॥ तत्तस्य कर्षतो बद्धं तिर्यग्गतमुलूखलम् ॥ लग्नं ताभ्यां समूलाभ्यामर्जुनाभ्यां चकर्ष च ॥ १७ ॥ तावर्जुनौ कृष्यमाणौ तेन बालेन रंहसा ॥ समूलविटपौ भग्नौ स तु मध्ये जहास वै ॥ १८ ॥ निदर्शनार्थं गोपानां दिव्यं स्वबलमास्थितः ॥ तद्दाम तस्य बालस्य प्रभावादभवद्दृढम् ॥ १९ ॥ यमुनातीरमार्गस्था गोप्यस्तं ददृशुः शिशुम् ॥ क्रन्दन्त्यो विस्मयन्त्यश्च यशोदां ययुरङ्गनाः ॥ २० ॥ तास्तु

कर ओखलीसे बाँध दिया । चलते-चलते कहने लगीं—'अब शक्ति हो तो छुड़ाकर भाग जाओ ।' ऐसा कहकर वे अपने धन्धेमें जा लगीं ॥ १३ ॥ १४ ॥ ज्यों ही माता अपने काममें व्यस्त हुईं, त्यों ही शिशुलीला करते और समस्त व्रजवासियोंको विस्मित करते हुए वे ओखली लिये धीरे-धीरे रेंगते हुए आँगनके बाहर निकल गये । ओखलीके साथ चलते-चलते वे यमलार्जुन (एक साथ उगे दो) वृक्षोंके बीचमें जा पहुँचे ॥ १५ ॥ १६ ॥ वहाँ पहुँचनेपर ओखली टेढ़ी होकर उन वृक्षोंमें फँस गयी । अतः वे जोर लगाकर उसे खींचने लगे ॥ १७ ॥ बालक कृष्णके खींचते ही वे दोनों वृक्ष जड़से उखड़कर धराशायी हो गये और स्वयं कृष्ण उन वृक्षोंके बीच खड़े होकर हँसने लगे ॥ १८ ॥ व्रजके गोपोंको अपना पराक्रम दिखलानेके लिए ही उन्होंने ऐसा किया था । उनके प्रभावसे यशोदा द्वारा बाँधी हुई वह साधारण रस्सी बहुत मजबूत हो गयी थी ॥ १९ ॥ यमुनातटवर्ती मार्गसे जानेवाली गोपियोंने उन्हें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस स्थितिमें देखा तो आश्चर्यचकित होकर जोर-जोरसे रुदन करती हुई यशोदाके पास जा पहुँचीं ॥ २० ॥ उन घबरायी हुई गोपियोंने कहा—बहिन यशोदा ! देर मत करो, जल्दी आओ । हाय-हाय, तुम देर क्यों कर रही हो ? ॥ २१ ॥ इस व्रजमें जो यमल (जोड़ुआ) अर्जुन वृक्ष थे और जिनकी पूजा करके लोग अपनी कामना पूर्ण करते थे, वे दोनों वृक्ष तुम्हारे शिशुपर गिर पड़े ॥ २२ ॥ अहो ! बँधे हुए बछड़ेकी तरह मजबूत रस्सीसे बँधा हुआ बच्चा खड़ा-खड़ा हँस रहा है ॥ २३ ॥ तुम अपनेको बहुत विज्ञ समझती हो, किन्तु तुम्हारी जैसी बुद्धिहीन स्त्री और कोई न होगी । अहो ! बालक मृत्युके मुखसे बच गया । अब जल्दी उठो और जाकर बालकको ले आओ ॥ २४ ॥ यह समाचार सुनते ही यशोदा हाहाकार करती हुई दौड़ीं और शीघ्र जा पहुँचीं ॥ २५ ॥ वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि दोनों वृक्ष गिरे पड़े हैं और उनके बीचमें ओखली खींचते हुए कृष्ण हँस रहे हैं । अब भी उनकी कमरमें वह मजबूत रस्सी बँधी हुई है ॥ २६ ॥ उधर धीरे-धीरे यह बात सारे व्रजमें फैल गयी और आबाल-वृद्ध-वनिता सभी व्रजवासी यह कुतूहलजनक घटना देखनेके लिए वहाँ पहुँचने

संभ्रान्तवदना यशोदामूचुरङ्गनाः ॥ एह्यागच्छ यशोदे त्वं संभ्रमात्किं विलम्बसे ॥ २१ ॥ यौ तावर्जुनवृक्षौ तु व्रजे सत्योपयाचनौ ॥ पुत्रस्योपरि तावेतौ पतितौ ते महीरुहौ ॥ २२ ॥ दृढेन दाम्ना तत्रैव बद्धो वत्स इवोदरे ॥ जहास वृक्षयोर्मध्ये तव पुत्रः स बालकः ॥ २३ ॥ उत्तिष्ठ गच्छ दुर्मेधे मूढे पण्डितमानिनि ॥ पुत्रमानय जीवन्तं मुक्तं मृत्युमुखादिव ॥ २४ ॥ सा भीता सहसोत्थाय हाहाकारं प्रकुर्वती ॥ तं देशमगमद्यत्र पातितौ तावुभौ द्रुमौ ॥ २५ ॥ सा ददर्श तयोर्मध्ये द्रुमयोरात्मजं शिशुम् ॥ दाम्ना निबद्धमुदरे कर्षमाणमुलूखलम् ॥ २६ ॥ सा गोपी गोपवृद्धश्च समुवाच व्रजस्तदा ॥ पर्यागच्छन्त ते द्रष्टुं गोपेषु महदद्भुतम् ॥ २७ ॥ जजल्पुस्ते यथाकामं गोपा वनविचारिणः ॥ केनेमौ पातितौ वृक्षौ घोषस्यायतनोपगौ ॥ २८ ॥ विना वातं विना वर्षं विद्युत्प्रपतनं विना ॥ विना हस्तिकृतं दोषं केनेमौ पातितौ द्रुमौ ॥ २९ ॥ अहो बत न शोभेतां विमूलावर्जुनाविमौ ॥ भूमौ निपतितौ वृक्षौ वितोयौ जलदाविव ॥ यदीमौ घोषरचितौ घोषकल्याणकारिणौ ॥ ३० ॥ नन्दगोप प्रसन्नौ ते द्रुमावेवं गतावपि ॥ यच्च ते दारको मुक्तो विपुलाभ्यामपि क्षितौ ॥ ३१ ॥ औत्पातिकमिदं घोषे तृतीयं वर्तते त्विह ॥ पूतनया विनाशश्च द्रुमयोः शकटस्य च ॥ ३२ ॥ अस्मिन्स्थाने च वासोऽयं घोषस्यास्य न युज्यते ॥ उत्पाता ह्यत्र दृश्यन्ते कथयन्तो न शोभनम् ॥ ३३ ॥ नन्दगोपस्तु सहसा

लगे ॥२७॥ वे सब वनविहारी गोप परस्पर कहने लगे—एक गाँवकी तरह विशाल ये वृक्ष गिर गये । इस समय न हवा है, न वर्षा हो रही है, न बिजली गिरी है और न हाथियोंका ही कोई उपद्रव उपस्थित है । तब इनको गिराया किसने ? ॥ २८ ॥ २९ ॥ जड़से उखड़ जानेपर इनकी वह शोभा नहीं रही, जैसे जलविहीन मेघकी शोभा नहीं होती । व्रजमें व्रजवासियों द्वारा उत्पादित ये वृक्ष व्रजवालोंका बड़ा उपकार करते थे ॥३०॥ हे गोपवर नन्द ! ऐसी दशामें पहुँचकर भी ये वृक्ष आपपर बहुत प्रसन्न थे । तभी तो भूमिपर गिरकर भी इन्होंने आपके बालकका कोई अनिष्ट नहीं किया ॥ ३१ ॥ शकट भङ्ग और पूतनाविनाश ये दो महान् उत्पात पहले ही हो चुके थे, अब इन दो अर्जुन वृक्षोंका पतन तीसरा महान् उत्पात हुआ है ॥ ३२ ॥ अब हम लोगोंका यहाँ रहना उपयुक्त न होगा । बार-बार ऐसे उत्पातोंका होना अच्छा नहीं है ॥ ३३ ॥ तभी नन्द गोप अस्त-व्यस्तभावसे दौड़े और कृष्णको ओखलीसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खोलकर गोदमें उठा लिया। उस समय वे बालकको इस प्रकार दुलराने लगे, जैसे किसी कृपणका गया हुआ मूलधन लौट आया हो ॥ ३४ ॥ इसके बाद वे टकटकी लगाकर अपने कमललोचन बालकका मुख निहारने लगे, किन्तु देरतक ऐसा करके भी वे अघाये नहीं। तदनन्तर यशोदाको डाँटते हुए वे अपने घर गये। उधर अन्यान्य गोप भी अपने घर चले गये ॥ ३५ ॥ भगवान कृष्णके दाम (रस्सी) उदरमें बँधी थी, इस कारण उसी दिनसे गोपियों द्वारा वे दामोदर कहे जाने लगे ॥ ३६ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! श्रीकृष्ण जब व्रजमें निवास करते थे, उस समय उनकी बाललीलाके विषयमें ऐसी आश्चर्यजनक घटना घटी थी ॥ ३७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

मुक्त्वा कृष्णमुलूखलात् ॥ निवेश्य चाङ्के सुचिरं मृतं पुनरिवागतम् ॥ ३४ ॥ नातृप्यत्प्रेक्षमाणो वै कृष्णं कमललोचनम् ॥ ततो यशोदां गर्हन्वै नन्दगोपो विवेश ह ॥ स च गोपजनः सर्वो व्रजमेव जगाम ह ॥ ३५ ॥ स च तेनैव नाम्ना तु कृष्णो वै दामबन्धनात् ॥ गोष्ठे दामोदर इति गोपीभिः परिगीयते ॥ ३६ ॥ एतदाश्चर्यभूतं हि बालस्यासीद्विचेष्टितम् ॥ कृष्णस्य भरतश्रेष्ठ घोषे निवसतस्तदा ॥ ३७ ॥ श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां यमलार्जुनभङ्गो नाम अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं तौ बाल्यमुत्तीर्णौ कृष्णसंकर्षणावुभौ ॥ तस्मिन्नेव व्रजस्थाने सप्तवर्षौ बभूवतुः ॥ १ ॥ नीलपीताम्बरधरौ पीतश्वेता-नुलेपनौ ॥ बभूवतुर्वत्सपालौ काकपक्षधरावुभौ ॥ २ ॥ पणवाद्यं श्रुतिसुखं वादयन्तौ वराननौ ॥ शुशुभाते वनगतौ त्रिशीर्षाविव पन्नगौ ॥ ३ ॥ मयूराङ्गदकर्णौ तु पल्लवापीडधारिणौ ॥ वनमालाकुलस्कन्धौ द्रुमपोताविवोद्गतौ ॥ ४ ॥ अरविन्दकृतापीडौ रज्जुयज्ञोपवीतिनौ ॥ सशिक्यतुम्ब-करकौ गोपवेणुप्रवादकौ ॥ ५ ॥ क्वचिद्धसन्तावन्योन्यं क्रीडमानौ क्वचित्क्वचित् ॥ पर्णशय्यासु संसुप्तौ क्वचिन्निद्रान्तरेक्षणौ ॥ ६ ॥ एवं वत्सा-न्पालयन्तौ शोभयन्तौ महावनम् ॥ चञ्चूर्यन्तौ रमन्तौ स्म किशोराविव चञ्चलौ ॥ ७ ॥ अथ दामोदरः श्रीमान्संकर्षणमुवाच ह ॥ आर्य नास्मिन्वने

(श्रीकृष्णका वृन्दावनगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस प्रकार व्रजमें कृष्ण और संकर्षण दोनों शैशवावस्था पार करके सात वर्षके बालक हो गये ॥ १ ॥ अब संकर्षण नील एवं कृष्ण पीत वसन धारण करके पीत और श्वेत चन्दन लगाये दोनों गोपबालक काकपक्ष (शिखा) धारी वत्सपालके रूपमें परिणत हो गये ॥ २ ॥ अब वे दोनों भाई श्रुतिमधुर पणवाद्य (तुम्बीफलका बना हुआ बाजा बीन) बजाते हुए वनोंमें विचरने लगे। उस समय वे तीन मस्तकवाले साँपके समान सुन्दर लग रहे थे ॥ ३ ॥ उस समय उनके कानोंमें मोरपंखका झुमका, मस्तकपर पत्तों तथा कमलपुष्पोंका मुकुट, गलेमें वनमाला, कन्धेपर रस्सीका बना यज्ञोपवीत, हाथमें तुम्बी और छींका विराजमान रहती थी। वे दोनों वंशी बजाया करते थे ॥ ४ ॥ ५ ॥ वे कहीं परस्पर हास-परिहास करते और कहीं पर्णशय्यापर लेटकर निद्राका आनन्द लेने लगते थे ॥ ६ ॥ इस प्रकार वे दोनों वनोंमें गौवें चराते और खेल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करते हुए चञ्चल अश्वशिशुओं (बछेड़ों) के समान सुशोभित हो रहे थे ॥७॥ कुछ समय बाद एक दिन श्रीकृष्णने संकर्षणसे कहा––आर्य ! अब इस वनमें गोपबालकोंके साथ खेलना ठीक नहीं होगा ॥ ८ ॥ क्योंकि हम लोगोंने इस वनका भलीभाँति उपभोग कर लिया है। यहाँ अब घासें भी नहीं रह गयी हैं। काष्ठ तथा वृक्षोंकी भी कमी हो गयी है। क्योंकि व्रजके गोपोंने यहाँके वृक्षोंको छिन्न-भिन्न कर डाला है ॥ ९ ॥ पहले यह वन वृक्षोंके कारण इतना सघन था कि कुछ दिखायी ही नहीं पड़ता था। किन्तु अब उन वृक्षोंके छिन्न-भिन्न हो जाने तथा उनकी पत्तियाँ टूट जानेके कारण बड़ी आसानीसे दूरतक निहारा जा सकता है ॥ १० ॥ गोशाला तथा उसकी प्राचीरपर जो वृक्ष थे, वे व्रजकी आगमें झुलसकर निष्प्रभ हो गये हैं ॥ ११ ॥ पहले जो घासें तथा लकड़ियाँ व्रजके निकट थीं, अब वे बहुत दूर पड़ गयी हैं। अब तो उन्हें विशेष यत्नके साथ खोजना पड़ता है ॥ १२ ॥ इस वनमें घास, जल और आश्रयस्थल दुर्लभ हो गया है। सभी वृक्ष बहुत दूर-दूर हो गये हैं। अब भी यदि खोज न की जायगी तो हमें खेलने और श्रम-निवारणके लिए बैठनेकी जगह भी न

शक्यं गोपालैः सह क्रीडितुम् ॥ ८ ॥ अवगीतमिदं सर्वमावाभ्यां भुक्तकाननम् ॥ प्रक्षीणतृणकाष्ठं च गोपैर्मथितपादपम् ॥ ९ ॥ घनीभूतानि यान्यासन्काननानि वनानि च ॥ तान्याकाशनिकाशानि दृश्यन्तेऽद्य यथासुखम् ॥ १० ॥ गोवाटेष्वपि ये वृक्षाः परिवृत्तार्गलेषु च ॥ सर्वे गोष्ठाग्निषु गताः क्षयमक्षयवर्चसः ॥ ११ ॥ संनिकृष्टानि यान्यासन्काष्ठानि च तृणानि च ॥ तानि दूरावकृष्टासु मार्गितव्यानि भूमिषु ॥ १२ ॥ अरण्यमिदमल्पोदमल्पकक्षं निराश्रयम् ॥ अन्वेषितव्यं विश्रामं दारुणं विरलद्रुमम् ॥ १३ ॥ अकर्मण्येषु वृक्षेषु स्थितविप्रं स्थितद्विजम् ॥ संवास-स्यास्य महतो जनेनोत्सादितद्रुमम् ॥ १४ ॥ निरानन्दं निरास्वादं निष्प्रयोजनमारुतम् ॥ निर्विहङ्गमिदं शून्यं निर्व्यञ्जनमिवाशनम् ॥ १५ ॥ विक्रीयमाणैः काष्ठैश्च शाकैश्च वनसंभवैः ॥ उच्छिन्नसंचयतृणैर्घोषोऽयं नगरायते ॥ १६ ॥ शैलानां भूषणं घोषो घोषाणां भूषणं वनम् ॥ वनानां भूषणं गावस्ताश्चास्माकं परा गतिः ॥ १७ ॥ तस्मादन्यद्वनं यामः प्रत्यग्रयवसेन्धनम् ॥ इच्छन्त्यनुपभुक्तानि गावो भोक्तुं तृणानि च ॥ १८ ॥ तस्माद्वनं नवतृणं गच्छन्तु धनिनो व्रजाः ॥ न द्वारबन्धावरणा न गृहक्षेत्रिणस्तथा ॥ प्रशस्ता वै व्रजा लोके यथा वै चक्रचारिणः ॥ १९ ॥

मिलेगी ॥१३॥ यहाँके सब वृक्ष बेकार हो गये हैं। इसी कारण इस वनके निवासी पक्षी इन वृक्षोंको त्यागकर चले गये हैं। इस वनके वृक्षोंको यहाँके निवासियोंने काट डाला है, जिससे अब इस वनमें वह सुख, वह आनन्द और वायुके वे मनोहर झोंके भी नहीं हैं। यहाँके पक्षी भी चले गये हैं। इस कारण व्यंजनशून्य (शाकादिसे रहित) भोजनके समान यह वन नितान्त कष्टकर हो उठा है ॥ १४ ॥ १५ ॥ लकड़ियों तथा वनमें उत्पन्न शाकोंके बिक जाने तथा काष्ठ और तृण लुप्त हो जानेके कारण यह व्रज गाँव न रहकर नगर जैसा हो गया है ॥ १६ ॥ पर्वतोंकी शोभा ग्राम, ग्रामोंकी शोभा वन और वनोंकी शोभा गौवें हैं, जो हमारी परम गति हैं ॥ १७ ॥ अतएव यह वन त्यागकर जहाँ घास और लकड़ियाँ पर्याप्तमात्रामें मिलें, वहाँ चले चलना हमारा प्रधान कर्तव्य है। क्योंकि गौवें नयी-नयी घासें चरनेको उत्सुक हैं ॥ १८ ॥ अतएव धनी-मानी व्रजवासियोंका यह कर्तव्य है कि नयी घासोंभरे वनमें चल दें। व्रजवासियोंके लिए कोई भी निश्चित घर, पूर्वनिरूपित क्षेत्र तथा पूर्वनिर्दिष्ट द्वारबन्धनादि नहीं रहते। वे तो चक्रचारी हंस-सारसादि पक्षियोंके समान जहाँ कहीं भी बस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाते हैं, वही स्थान व्रज कहलाने लगता है ॥ १९ ॥ यहाँकी घासोंमें गौओंके गोबर तथा मूत्र मिल जानेके कारण एक प्रकारका क्षार रसायन उत्पन्न हो गया है। इस कारण गौवें उन घासोंको नहीं चरतीं और जे गायें उन्हें चरती हैं, उनका दूध ठीक नहीं होता ॥ २० ॥ अतएव हमें चाहिए कि नयी घासों युक्त समतल वन्य प्रदेशमें अपनी गायें लेकर चल पड़ें। जितने शीघ्र हो सके, उतने शीघ्र हम यह व्रज त्यागकर चल दें ॥ २१ ॥ सुनता हूँ कि यमुनातटपर वृन्दावन नामका एक वन है। वहाँ घासों, सुस्वादु फलों तथा जलकी कमी नहीं है ॥ २२ ॥ वह वनभूमि कदम्बके वृक्षों सेभरी हुई है। वहाँ झिल्लयों और काँटोंका सर्वथा अभाव है और एक अच्छे वनके सभी गुण उसमें विद्यमान हैं ॥ २३ ॥ वहाँ सुशीतल वायु चला करता है। जैसे वहाँ सभी ऋतुयें एक साथ विराजमान रहती हैं। गोपाङ्गनायें उस सुन्दर और अनोखे वनमें बड़े आनन्दके साथ विहार करती हुई घूम-फिर सकती हैं ॥२४॥ उसके समीपवर्ती नन्दनवनमें विद्यमान मन्दरपर्वतके समान सुन्दर उच्च शिखरयुक्त गोवर्धन पर्वत स्थित है ॥ २५ ॥ उस पर्वतके ऊपर आकाशमें स्थित नील मेघके समान सघन और एक

शकृन्मूत्रेषु तेष्वेव जातक्षाररसायनम् ॥ न तृणं भुञ्जते गावो नापि तत्पयसे हितम् ॥ २० ॥ स्थलीप्रायासु रथ्यासु नवासु वनराजिषु ॥ चरावः
सहितौ गोभिः क्षिप्रं संवाह्यतां व्रजः ॥ २१ ॥ श्रूयते हि वनं रम्यं पर्याप्तं तृणसंस्तरम् ॥ नाम्ना वृन्दावनं नाम स्वादुवृक्षफलोदकम् ॥२२॥ अझि-
ल्लिकण्टकवनं सर्वैर्वनगुणैर्युतम् ॥ कदम्बपादपप्रायं यमुनातीरसंश्रितम् ॥ २३ ॥ स्निग्धशीतानिलवनं सर्वर्तुनिलयं शुभम् ॥ गोपीनां सुखसंचारं
चारुचित्रवनान्तरम् ॥ २४ ॥ तत्र गोवर्द्धनो नाम नातिदूरे गिरिर्महान् ॥ भ्राजते दीर्घशिखरो नन्दनस्येव मन्दरः ॥२५॥ मध्ये चास्य महाशाखो
न्यग्रोधो योजनोच्छ्रितः ॥ भाण्डीरो नाम शुशुभे नीलमेघ इवाम्बरे ॥ २६ ॥ मध्येन चास्य कालिन्दी सीमन्तमिव कुर्वती ॥ प्रयाता नन्दनस्येव
नलिनी सरितां वरा ॥२७॥ तत्र गोवर्द्धनं चैव भाण्डीरं च वनस्पतिम् ॥ कालिन्दीं च नदीं रम्यां द्रक्ष्यावश्चरतः सुखम् ॥२८॥ तत्रायं कल्प्यतां
घोषस्त्यज्यतां निर्गुणं वनम् ॥ संत्रासयावो भद्रं ते किञ्चिदुत्पाद्य कारणम् ॥ २९ ॥ एवं कथयतस्तस्य वासुदेवस्य धीमतः ॥ प्रादुर्बभूवुः शतशो
रक्तमांसवसाशनाः ॥ ३० ॥ घोराश्चिन्तयतस्तस्य स्वतनूरुहजास्तदा ॥ विनिष्पेतुर्भयकरा सर्वशः शतशो वृकाः ॥ ३१ ॥ निष्पतन्ति स्म बहवो
व्रजस्योत्सादनाय वै ॥ वृकान्निष्पतितान्दृष्ट्वा गोपवत्सेष्वथो नृषु ॥३२॥ गोपीषु च यथाकामं व्रजे त्रासोऽभवन्महान् ॥ ते वृकाः पञ्चबद्धाश्च दश-

योजन विस्तृत भाण्डीर नामका वटवृक्ष है ॥ २६ ॥ इन्द्रके नन्दनवनमें जैसे सरिद्वरा मन्दाकिनी नदी प्रवाहित होती है, उसी तरह उस पर्वतके सीमन्तकी तरह सुन्दर यमुना नदी बहती है ॥ २७ ॥ वहाँ विचरते हुए हम दोनों गोवर्द्धन पर्वत, भाण्डीर वटवृक्ष और परम रमणीय कालिन्दी (यमुना) का अवलोकन करते हुए आनन्दका अनुभव करेंगे ॥ २८ ॥ अतएव भैया संकर्षण ! यह वन त्यागकर वृन्दावनमें घर बनाकर निवास करना नितान्त आवश्यक है। अतएव यहाँ कोई विशेष कारण उत्पन्न करके व्रजवासियोंको भयभीत कर दिया जाय। २९ ॥ बुद्धिमान् श्रीकृष्ण ऐसा कह ही रह रहे थे, उसी समय उनके शरीरसे सहसा रक्त-मांस और मज्जाके लोभी हजारों भीषणाकार मेड़िये उत्पन्न हो गये ॥३०॥३१॥ वे सभी भेड़िये व्रजवासी मनुष्यों, गौओं, बछड़ों एवं गोपाङ्गनाओंपर आक्रमण करके उन्हें सताने लगे। उनके ऐसा करनेसे सारे व्रजमण्डलमें भयंकर आतंक छा गया। वे भेड़िये पाँच,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दस, बीस, तीस और सौ-सौके झुण्ड बनाकर विचरने लगे। श्रीवत्सचिह्नयुक्त भगवान कृष्णके शरीरसे उत्पन्न काले मुखके वे भयानक भेड़िये व्रजके बछड़ोंका संहार करते हुए रात्रिके समय गोपोंके बालकोंका अपहरण करने लगे। इस प्रकार कुछ ही समयमें व्रजपर उनका इतना आतंक छा गया कि कोई वनसे कुछ लाने, गौवें चराने अथवा नदीपर जानेका साहस नहीं करता था। उन भेड़ियोंसे भयभीत होकर सभी व्रजवासी सहम गये, जिससे किसीका घरसे बाहर निकलना दूभर हो गया। उन व्याघ्रतुल्य पराक्रमी भेड़ियोंके कारण सब एक स्थानपर एकत्रित होकर साथ रहने लगे ॥ ३२-३८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

(भगवान कृष्णका वृन्दावनगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब वे भेड़िये अत्यधिक उद्दण्ड हो गये, तब व्रजके सभी स्त्री-पुरुष एकत्रित होकर परस्पर मंत्रणा करते हुए

बद्धास्तथा परे ॥ ३३ ॥ त्रिंशद्विंशतिबद्धाश्च शतबद्धास्तथा परे ॥ निश्चेरुस्तस्य गात्रेभ्यः श्रीवत्सकृतलक्षणाः ॥ ३४ ॥ कृष्णस्य कृष्णवदना गोपानां भयवर्धनाः ॥ भक्षयद्भिश्च तैर्वत्सांस्त्रासयद्भिश्च गोव्रजान् ॥ ३५ ॥ निशि बालान्हरद्भिश्च वृकैरुत्साद्यते व्रजः ॥ न वने शक्यते गन्तुं न गाश्च परिरक्षितुम् ॥ ३६ ॥ न वनात्किञ्चिदाहर्तुं न च वा तरितुं नदीम् ॥ त्रस्ता ह्युद्विग्नमनसोऽगतास्तस्मिन्वनेऽवसन् ॥ ३७ ॥ एवं वृकैरुदीर्णैस्तु व्याघ्रतुल्यपराक्रमैः ॥ व्रजो निष्पन्दचेष्टः स एकस्थानचरः कृतः ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां वृकदर्शनो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं वृकांश्च तान्दृष्ट्वा वर्धमानान्दुरासदान् ॥ सस्त्रीपुमान्स घोषो वै समस्तोऽमन्त्रयत्तदा ॥ १ ॥ स्थानेनेह न नः कार्यं व्रजामोऽन्यन्महद्वनम् ॥ यच्छिवं च सुखोष्यं च गवां चैव सुखावहम् ॥ २ ॥ अद्यैव किं चिरेण स्म व्रजामः सह गोधनैः ॥ यावद्वृकैर्वधं घोरं न नः सर्वो व्रजो व्रजेत् ॥ ३ ॥ एषां धूम्रारुणाङ्गानां दंष्ट्रिणां नखकर्षिणाम् ॥ वृकाणां कृष्णवक्त्राणां बिभीमो निशि गर्जताम् ॥ ४ ॥ मम पुत्रो मम भ्राता मम वत्सोऽथ गौर्मम ॥ वृकैर्व्यापादिता ह्येवं क्रन्दन्ति स्म गृहे गृहे ॥ ५ ॥ तासां रुदितशब्देन गवां हंभारवेण च ॥ व्रजस्योत्थापनं चक्रुर्घोषवृद्धाः समागताः ॥ ६ ॥ तेषां मतमथाज्ञाय गन्तुं वृन्दावनं प्रति ॥ व्रजस्य विनिवेशाय गवां चैव हिताय च ॥ ७ ॥ वृन्दावननिवासाय

कहने लगे ॥ १ ॥ अब हमें इस स्थानसे कोई काम नहीं है। हम यहाँसे किसी अन्य महावनमें चलेंगे। जो सुन्दर, सुखसे निवास करने योग्य और गौओंके लिए भी आनन्ददायी होगा ॥२॥ अब देर करनेकी क्या आवश्यकता ? आज ही हम लोग अपने गौओं और बछड़ोंके साथ चल पड़ें। जिससे ये भयानक भेड़िये हमारा सर्वनाश न कर दें ॥३॥ ये पिंगलकाय, कृष्णमुख तथा नखकर्षी भेड़िये रात्रिके समय भीषण गर्जन करते हुए विचरते हैं और उनसे हमें बहुत भय लगता है ॥४॥ नित्य हर घरके व्रजवासी सबेरे रोते दीखते हैं। कोई कहता है कि मेरा भ्राता, कोई मेरा पुत्र, कोई मेरा बछड़ा और कोई कहता है कि मेरी गायको भेड़ियोंने मार डाला ॥ ५ ॥ इस प्रकार व्रजवनिताओंके रुदन और गौओंके हम्भाशब्दसे दुःखी होकर व्रजके बड़े-बूढ़ोंने एकत्र होकर व्रजसे चल देनेका निश्चय कर लिया ॥ ६ ॥ उन गोपवृद्धोंका विचार सुन और व्रजके त्याग तथा गौओंके हितके लिए वृन्दावन चलनेका निश्चय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जानकर बृहस्पतिके समान बुद्धिमान् नन्दगोपने उन लोगोंसे कहा—गोपो ! यदि आप लोगोंने यहाँसे वृन्दावन चलनेका दृढ़ निश्चय कर लिया हो तो अब विलम्ब न करके सब व्रजवासियोंको आज्ञा दीजिए कि शीघ्र तैयार हो जायँ ॥ ७–९ ॥ तदनुसार गोपराज नन्दने व्रजभरमें यह घोषणा करा दी कि सब गौवें एकत्र कर ली जायँ और बर्तन-कपड़े आदि गृहस्थीके सामान बैलगाड़ियोंपर लाद दिये जायँ ॥ १० ॥ छकड़ों और बछड़ोंके दलोंको एकत्र करके यहाँसे वृन्दावन चलनेकी तैयारी कर लो। गोपराज नन्दके सुन्दर वचन सुनकर शीघ्र गमनके लिए उत्सुक सारा व्रजमण्डल तत्काल उठ खड़ा हुआ ॥११॥१२॥ वे लोग परस्पर कहने लगे—चलो, उठो, चलो-चलें, तुम पड़े सो क्यों रहे हो, बैलगाड़ी जोतो। इस प्रकार कहते हुए उनकी तैयारीके समय महान् कोलाहल मच गया ॥ १३ ॥ उस कोलाहलका शब्द समुद्रके भीषण गर्जन, व्याघ्रगर्जन तथा विद्युत्पातके सदृश भयानक था। वह निनाद समस्त व्रजमण्डलमें गूँज उठा और वहाँके सभी गोप-गोपी व्यग्र हो उठे। जब गोपियाँ मस्तकपर घड़े रख तथा काँखमें गगरियाँ दावे श्रेणीबद्ध होकर व्रजसे बाहर निकलीं

ताञ्ज्ञात्वा कृतनिश्चयान् ॥ नन्दगोपो बृहद्वाक्यं बृहस्पतिरिवाददे ॥८॥ अद्यैव निश्चयप्राप्तिर्यदि गन्तव्यमेव नः ॥ शीघ्रमाज्ञाप्यतां घोषः सज्जीभवत मा चिरम् ॥ ९ ॥ ततोऽवघुष्यत तदा घोषे तत्प्राकृतैर्जनैः ॥ शीघ्रं गावः प्रकाल्यन्तां भाण्डं समभिरोप्यताम् ॥ १० ॥ वत्सयूथानि काल्यन्तां युज्यन्तां शकटानि च ॥ वृन्दावनमितः स्थानान्निवेशाय च गम्यताम् ॥ ११ ॥ तच्छ्रुत्वा नन्दगोपस्य वचनं साधु भाषितम् ॥ उदतिष्ठद्व्रजः सर्वः शीघ्रं गमनलालसः ॥ १२ ॥ प्रयाह्युत्तिष्ठ गच्छामः किं शेषे साधु योजय ॥ उत्तिष्ठति व्रजे तस्मिन्नासीत्कोलाहलो महान् ॥ १३ ॥ उत्तिष्ठमानः शुशुभे शकटीशकटस्तु सः ॥ व्याघ्रघोषमहाघोषो घोषः सागरघोषवान् ॥ १४ ॥ गोपीनां गर्गरीभिश्च मूर्ध्नि चोत्तम्भितैर्घटैः ॥ निष्पपात व्रजात्पङ्क्तिस्तारापङ्क्तिरिवाम्बरात् ॥ १५ ॥ नीलपीतारुणैस्तासां वस्त्रैरग्रस्तनोच्छ्रितैः ॥ शक्रचापायते पङ्क्तिर्गोपीनां मार्गगामिनी ॥ १६ ॥ दामनीदामभारैश्च कैश्चित्कायावलम्बिभिः ॥ गोपा मार्गगता भान्ति सावरोहा इव द्रुमाः ॥ १७ ॥ स व्रजो व्रजता भाति शकटौघेन भास्वता ॥ पोतैः पवनविक्षिप्तैर्निष्पतद्भिरिवार्णवः ॥ १८ ॥ क्षणेन तद्व्रजस्थानमीरणं समपद्यत ॥ द्रव्यावयवनिर्धूतं कीर्णं वायसमण्डलैः ॥ १९ ॥ ततः क्रमेण घोषः स प्राप्तो वृन्दावनं वनम् ॥ निवेशं विपुलं चक्रे गवां चैव हिताय च ॥ २० ॥ शकटावर्त्तपर्यन्तं चन्द्रार्द्धाकारसंस्थितम् ॥ मध्ये योज-

तो ऐसा लगा कि मानों तारिकायें आकाशसे धरतीपर उतर आयी हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ उन गोपललनाओंके स्तनावरणवस्त्र (अँगिया) नील, पीत एवं लोहित (लाल) वर्णके थे। सो जब वे गोपियाँ पंक्ति बाँधकर चलीं तो ऐसा मालूम पड़ा कि मानों मार्गपर इन्द्रधनुष उदित हो गया है ॥ १६ ॥ मार्गमें चलते हुए कुछ गोपोंके कन्धोंपर रस्सियाँ लटक रही थीं। उन्हें देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि मानों वटवृक्षोंकी जटायें लटक रही हैं ॥ १७ ॥ जिस समय व्रजके चमकते हुए रथोंके झुण्ड चले तो ऐसा लगा कि मानों समुद्रमें बहुत-सी नौकायें हवाके झोंकेसे बड़े-वेगके साथ उड़ी चली जा रही हैं ॥ १८ ॥ उन गोपोंके चल देनेपर व्रजभूमि मरुभूमि जैसी दीखने लगी। वहाँके घरोंमें जो अन्नकण तथा कूड़ा-करकट पड़ा हुआ था, उसपर कौओंके झुण्ड मँडराने लगे ॥ १९ ॥ गोपगण वहाँसे चलकर क्रमशः वृन्दावन जा पहुँचे और सर्वप्रथम उन लोगोंने गौओंकी सुख-सुविधाके लिए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अनेक वासस्थानोंका निर्माण किया ॥ २० ॥ सब छकड़े अर्धचन्द्राकार घेरा बनाकर खड़े कर दिये गये। उस स्थानकी लम्बान दो योजन और चौड़ान एक योजन थी ॥ २१ ॥ वृन्दावनके चारों ओर ऊँचे-ऊँचे कँटीले वृक्ष लगाकर उस स्थानको घेर दिया गया। उनकी छतनार शाखाओंने वृन्दावनको चारों ओरसे छोप लिया ॥ २२ ॥ मन्थनरज्जुयुक्त मन्थनदण्ड जलसे धोया हुआ मन्थनभाण्ड, पाशपरिवेष्टित कीलक, स्तम्भनी, परिवर्तनशील शकट, मन्थनभाण्डके मध्यमें स्थित और दण्डके मस्तकपर बँधी रस्सी, छिन्न-वृक्षशाखाके ऊपर तृण बिछाकर मन्थनभाण्डकी आच्छादनी, साफ-सुथरी गोशाला, ओखली, पूर्वमुख स्थित तुष (भूसी) से प्रज्वलित अग्नि, वस्त्र तथा चमड़ोंसे आस्तृत पलंग ये सभी वस्तुयें यथास्थान रख दी गयीं ॥ २३–२७ ॥ जल लानेके समय गोपियाँ चारों ओर वृन्दावनकी शोभा निरखती हुई वृक्षोंकी शाखाओंको पकड़-पकड़कर झुकाने लगीं ॥ २८ ॥

नविस्तीर्णं तावद्द्विगुणमायतम् ॥२१॥ कण्टकीभिः प्रवृद्धाभिस्तथा कण्टकितद्रुमैः ॥ निखातोच्छ्रितशाखाग्रैरभिगुप्तं समन्ततः ॥ २२ ॥ मन्थैरा-रोप्यमाणैश्च मन्थबन्धानुकर्षणैः ॥ अद्भिः प्रक्षाल्यमानाभिर्गर्गरीभिः समन्ततः ॥ २३ ॥ कीलैरारोप्यमाणैश्च दामनीपाशपाशितैः ॥ स्तम्भनीभिर्धृ-ताभिश्च शकटैः परिवर्त्तितैः ॥ २४ ॥ नियोगपाशैरासक्तैर्गर्गरीस्तम्भमूर्द्धसु ॥ छादनार्थं प्रकीर्णैश्च कटकैस्तृणसंकटैः ॥ २५ ॥ शाखा विटङ्कैर्वृक्षाणां क्रियमाणैरितस्ततः ॥ शोध्यमानैर्गवां स्थानैः स्थाप्यमानैरुलूखलैः ॥ २६ ॥ प्राङ्मुखैः सिच्यमानैश्च संदीप्यद्भिश्च पावकैः ॥ सवस्त्रचर्मास्तरणैः पर्यङ्कैश्चावरोपितैः ॥ २७ ॥ तोयमुत्तारयन्तीभिः प्रेक्षन्तीभिश्च तद्वनम् ॥ शाखाश्चाकर्षमाणाभिर्गोपीभिश्च समन्ततः ॥ २८ ॥ युवभिः स्थविरैश्चैव गोपैर्व्यग्रकरैर्भृशम् ॥ विशसद्भिः कुठारैश्च काष्ठान्यपि तरूनपि ॥ २९ ॥ तद्व्रजस्थानमधिकं शुशुभे काननावृतम् ॥ रम्यं वननिवेशं वै स्वादुमूल-फलोदकम् ॥३०॥ तास्तु कामदुघा गावः सर्वपक्षिरुतं वनम् ॥ वृन्दावनमनुप्राप्ता नन्दनोपमकाननम् ॥ ३१ ॥ पूर्वमेव तु कृष्णेन गवां वै हितका-रिणा ॥ शिवेन मनसा दृष्टं तद्वनं वनचारिणा ॥ ३२ ॥ पश्चिमे तु ततो रूक्षे घर्ममासे निरामये ॥ वर्षतीवामृतं देवे तृणं तत्र व्यवर्द्धत ॥ ३३ ॥ न तत्र वत्साः सीदन्ति न गावो नेतरे जनाः ॥ यत्र तिष्ठति लोकानां भवाय मधुसूदनः ॥ ३४ ॥ ताश्च गावः स घोषस्तु स च संकर्षणो युवा ॥

सभी युवा और वृद्ध गोप हाथोंमें कुल्हाड़ी ले-लेकर वृक्षोंको व्यग्रतापूर्वक जल्दी-जल्दी काटने लगे ॥ २९ ॥ इस तरह सुस्वादु जल एवं स्वादिष्ट फल-मूलसे उस वृन्दावनकी शोभा बहुत बढ़ गयी ॥ ३० ॥ पक्षियोंके कलरवसे पूर्ण और नन्दन वनके सदृश सुन्दर वृन्दावनमें पहुँचकर गायें इच्छानुरूप दुग्ध प्रदान करने लगीं ॥ ३१ ॥ हे महाराज जनमेजय ! गौओंके शुभचिन्तक भगवान कृष्ण व्रजमें वनविचरणके समय ही वृन्दावननिवासको मनोनीत कर चुके थे ॥ ३२ ॥ वे नितान्त शुष्क एवं रूक्ष ग्रीष्म ऋतुमें वहाँ पहुँचे थे। किन्तु उनके पहुँचते ही दैव मानों अमृतकी वर्षा करने लगा, जिससे घासें बढ़ने लगीं ॥ ३३ ॥ और फिर जहाँ साक्षात् मधुसूदन भगवान स्वयं लोककल्याणार्थ विराजमान थे, वहाँ मनुष्यों, गौओं और बछड़ोंको किसी प्रकारका कष्ट भला कैसे होता ? ॥ ३४ ॥ उस वृन्दावनमें वे गायें, गोप और संकर्षण भगवान सब लोग श्रीकृष्णके साथ आनन्दपूर्वक रहने लगे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

(वर्षाऋतुका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वसुदेवतनय रूपवान् कृष्ण और बलराम वृन्दावन पहुँचकर गौओं और बछड़ोंके झुण्डको चराते हुए विचरण करने लगे ॥१॥ इस प्रकार ग्वालोंके साथ खेलते और यमुनामें जलकेलि करते-करते ग्रीष्मकाल व्यतीत हो गया ॥२॥ तदनन्तर मनमें कामवासना जागृत करनेवाली वर्षाऋतु आयी और इन्द्रधनुषसे समलंकृत मेघ जल बरसाने लगे ॥ ३ ॥ सूर्यमण्डल बादलोंमें छिप गया। बढ़ी हुई घासोंमें भूमि छिप गयी। नये जलसे भीगी और वायुके प्रबल झोकोंसे सम्मार्जित भूमि नवयौवना सुन्दरीके समान स्वच्छ हो गयी। मेघोंने उष्णताको दूर भगा दिया और पृथिवी वर्षाके जलसे तृप्त हो गयी ॥ ४ ॥ ५ ॥ समस्त वन वर्षाके नये जलसे सिंचकर इन्द्रगोप नामके कीड़ोंसे

कृष्णेन विहितं वासं तमध्यासत निर्वृताः ॥३५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वृन्दावनप्रवेशो नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तौ तु वृन्दावनं प्राप्तौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ चेरतुर्वत्सयूथानि चारयन्तौ सुरूपिणौ ॥ १ ॥ पूर्णस्तु घर्मसमयस्तयोस्तत्र वने सुखम् ॥ क्रीडतोः सह गोपालैर्यमुनां चावगाहतोः ॥ २ ॥ ततः प्रावृडनुप्राप्ता मनसः कामदीपिनी ॥ प्रववर्षुर्महामेघाः शक्रचापांकितोदराः ॥ ३ ॥ बभूवादर्शनः सूर्यो भूमिश्चादर्शना तृणैः ॥ महता मेघवातेन नवतोयानुवर्षिणा ॥ ४ ॥ संमार्जिततला भूमिर्यौवनस्थेव लक्ष्यते ॥ नाशितं जलदैरुष्णं तोषिता वसुधा जलैः ॥ ५ ॥ नववर्षावसिक्तानि शक्रगोपकुलानि च ॥ नष्टदावाग्निधूमानि वनानि प्रचकाशिरे ॥ ६ ॥ नृत्यव्यापारकालश्च मयूराणां कलापिनाम् ॥ मदरक्ताः प्रवृत्ताश्च केकाः पटुरवास्तथा ॥ ७ ॥ नवप्रावृषि कान्तानां षट्पदाहारदायिनाम् ॥ यौवनस्थकदम्बानां नवाम्रैर्भ्राजते वपुः ॥ ८ ॥ हासितं कुटजैर्वृक्षैः कदम्बैर्वासितं वनम् ॥ संतप्ता भास्करकरैरभितप्ता दवाग्निभिः ॥ ९ ॥ जलैर्बलाहकोत्सृष्टैरुच्छ्वसन्तीव पर्वताः ॥ महावातसमुद्भूतं महामेघगणार्पितम् ॥ मही महाराज पुरैस्तुल्यमापद्यते नभः ॥ १० ॥ क्वचित्कदम्बहासाढ्यं शिलीन्ध्रावरणं क्वचित् ॥ संप्रदीप्तमिवाभाति फुल्लनीपद्रुमं वनम् ॥११॥ ऐन्द्रेण पयसा सिक्तं मारुतेन च विस्तृतम् ॥ पार्थिवं गन्धमाघ्राय लोकः क्षुभितमानसः ॥१२॥

आच्छादित हो गया। वनकी दावाग्नि तथा धुएँ बरसातके कारण लुप्त हो गये ॥ ६ ॥ नृत्यकाल उपस्थित देखकर मोर एकदम मतवाले होकर नाचने तथा बोलने लगे ॥ ७ ॥ नये बादलोंको देखकर कमनीय कान्तिसम्पन्न कदम्ब पुष्पित हो गये और चारों ओरसे एकत्रित भौंरोंका झुण्ड उन कदम्बकुसुमोंका रस पीने लगा। कुटज-कदम्ब आदिके पुष्पोंने खिलकर उस वनको सुगन्धित कर दिया। सूर्यकी किरणोंसे सन्तप्त और दावाग्निसे झुलसे पर्वत वर्षाका नवीन जल पाकर जैसे लम्बी-लम्बी साँसें लेने लगे। जोरोंकी चलती हुई वायुरूपिणी पताका तथा उमड़े हुए मेघरूपी भवनोंसे पृथिवी किसी बड़े नरेशकी नगरी जैसी दीखने लगी ॥ ८–१० ॥ उस भूमिपर कहीं कदम्बके पुष्प खिलकर हँस रहे थे और कहीं शिलीन्ध्र (कठफुल्ले) प्रस्फुटित होकर धरतीके आभूषण बन रहे थे। उस पुष्पित कदम्बवनसे जैसे सारा वृन्दावन आलोकित हो उठा ॥ ११ ॥ नववर्षागमके अवसरपर मेघके जलसे सिक्त एवं पवन द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसारित पृथिवीकी सोंधी सुगन्धि सूँघकर मनुष्योंका मन कामातुर हो उठा ॥ १२ ॥ भौरोंके गुञ्जार, मेढकोंके चीत्कार तथा मयूरोंके केकारवसे सारी वसुन्धरा परिपूर्ण हो गयी ॥ १३ ॥ वर्षाके जलसे नदियोंके बढ़ जानेपर जगह-जगह आवर्त (भँवर) उठने लगे । तटवर्ती वृक्ष जलके बहावसे कट-कटकर गिरने लगे और नदियोंकी सीमा बहुत दूरतक फैल गयी ॥ १४ ॥ निरन्तर वर्षा होते रहनेके कारण पक्षिगण जड़प्राय होकर वृक्षोंकी शाखाओंके पत्तोंमें छिपकर बैठ गये । क्योंकि पानीसे उनके पंख भींग गये थे ॥१५॥ अत्यधिक जलके बोझसे लटककर जल बरसाने तथा जोरोंसे गर्जन करनेवाले नवीन मेघोंके उदरमें जैसे सूर्यभगवान लुप्त हो गये ॥ १६ ॥ सभी रास्तोंमें पानी भर गया, अनेक वृक्ष उखड़ गये और घासें खूब बढ़ गयीं । इस कारण राह खोजना कठिन हो गया ॥ १७ ॥ जलके वेग तथा वृक्षसमूहसे सुशोभित पर्वतशिखर विदीर्ण हो-होकर गिरने लगे । उस समय ऐसा लगा कि मानों इन्द्रके वज्रप्रहारसे वे पर्वतशृङ्ग धराशायी हो रहे हों ॥ १८ ॥ वर्षाका सारा जल पृथिवीके निचले भागकी ही ओर बहता था । अतएव उस जलने वृन्दावनके गढ़ों-पोखरोंको भर दिया ।

दृप्तसारङ्गनादेन दर्दुरव्याहतेन च ॥ नवैश्च शिखिविक्रुष्टैरवकीर्णा वसुंधरा ॥ १३ ॥ भ्रमत्तूर्णमहावर्त्ता वर्षाप्राप्तमहारयाः ॥ हरन्त्यस्तीरजान्वृक्षा-
न्विस्तारं यान्ति निम्नगाः ॥ १४ ॥ सन्ततासारनिर्यत्नाः क्लिन्नपत्रोत्तरच्छदाः ॥ न त्यजन्ति नगाग्राणि श्रान्ता इव पतत्रिणः ॥ १५ ॥
तोयगम्भीरलम्बेषु स्रवत्सु च नदत्सु च ॥ उदरेषु नवाभ्राणां मज्जतीव दिवाकरः ॥ १६ ॥ महीरुहैरुत्पतितैः सलिलोत्पीडसंकुला ॥ अन्विष्य-
मार्गा वसुधा भाति शाद्वलमालिनी ॥ १७॥ वज्रेणेवावरुग्णानां नागानां नगशालिनाम् ॥ स्रोतोभिः परिकृत्तानि पतन्ति शिखराण्यधः ॥ १८ ॥
पतता मेघवर्षेण यथा निम्नानुसारिणा ॥ पल्वलोत्कीर्णमुक्तेन पूर्यन्ते वनराजयः ॥ १९ ॥ हस्तोच्छ्रितमुखा वन्या मेघनादानुसारिणः ॥ भ्रान्ता-
तिवृष्ट्या मातङ्गा गां गता इव तोयदाः ॥२०॥ प्रावृट्प्रवृत्तिं संदृश्य दृष्ट्वा चाम्बुधरान्घनान् ॥ रौहिणेयो मिथः काले कृष्णं वचनमब्रवीत् ॥ २१ ॥
पश्य कृष्ण घनान्कृष्णान्बलाकापंक्तिभूषणान् ॥ गगने तव गात्रस्य वर्णचोरान्समुन्नतान् ॥ २२ ॥ तव निद्राकरः कालस्तव गात्रोपमं नभः ॥
त्वमिवाज्ञातवसतिं चन्द्रो वसति वार्षिकीम् ॥ २३ ॥ एतन्नीलोत्पलश्यामं नीलोत्पलदलप्रभम्॥ संप्राप्ते दुर्दिने काले दुर्दिनं भाति वै नभः ॥ २४ ॥

जिनके उमड़े जलसे वह वन भी खूब तृप्त हो गया ॥१९॥ घोर मेघगर्जन सुनकर जलवर्षासे भींगे तथा घबड़ाये हुए उस वनके हाथी अपना मुख और सूँड़ उठाकर भयंकर चीत्कार करने लगे । उस असाधारण वर्षाके समय उन हाथियोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो आकाशचारी मेघ धरतीपर उतर आये हैं॥२०॥ हे महाराज ! इस प्रकार वर्षाका आगमन और काले-काले बादलोंका झुण्ड देखकर संकर्षणने श्रीकृष्ण भगवानसे कहा—॥२१॥ हे कृष्ण ! इधर देखो, बगुलियोंके झुण्डसे विभूषित कृष्णवर्णके मेघ आकाशमें मँडरा रहे हैं । इन्हें देखकर ऐसा ज्ञात होता है कि जैसे इन्होंने तुम्हारे श्यामवर्णको चुरा लिया है ॥२२॥ यह समय तुम्हारे शयन करनेका है । इस समय आकाशमण्डल भी तुम्हारे सदृश श्यामवर्णका हो गया है । चन्द्रमा भी तुम्हारी तरह मेघमण्डलमें छिपा बैठा है ॥२३॥ नीलकमलके समान श्यामवर्णका आकाश काले बादलोंसे ढँक गया है । ऐसी स्थितिमें भी यह बड़ा सुन्दर लग रहा है ॥ २४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे कृष्ण ! देखो, गोवर्द्धन पर्वत निविड़तम मेघोंसे आच्छादित होकर अपना गोवर्द्धन (गोवंशकी वृद्धि करनेवाला) नाम सार्थक कर रहा है ॥ २५ ॥ जलकी वर्षासे मदमत्त होकर ये काले-काले भ्रमर बड़ी प्रसन्नताके साथ वन-वन घूम रहे हैं ॥ २६ ॥ पावस ऋतुका जल पाकर प्रसन्न हरी-हरी और कोमल घासोंने अपने बढ़े हुए पत्तोंसे सारी धरतीको ढाँक लिया है ॥ २७ ॥ इस समय झरना बहानेवाले पर्वत, वन, सस्यसम्पन्न तथा जोती हुई जमीनवाले खेत सब समान शोभा धारण किये हुए हैं ॥ २८ ॥ प्रबल वायुसे उड़ाये हुए विरही जनोंको व्याकुल कर देनेवाले ये मेघ बड़ी ढिठाईके साथ बड़े जोरसे गर्जन कर रहे हैं ॥ २९ ॥ हे हरे ! हे त्रिविक्रम ! उधर देखो, प्रत्यंचा तथा बाणोंसे हीन एवं विविध वर्णका इन्द्रधनुष आकाशमें उदित हो गया है ॥ ३० ॥ इस श्रावणमासमें सूर्यभगवान आकाशमें विचर रहे हैं, किन्तु उनकी वह शोभा नहीं है। क्योंकि सहस्ररश्मि होते हुए भी सूर्यनारायण

पश्य कृष्ण जलोदग्रैः कृष्णैरुद्ग्रथितैर्घनैः ॥ गोवर्द्धनो यथा रम्यो भाति गोवर्द्धनो गिरिः ॥ २५ ॥ पतितेनाम्भसा ह्येते समन्तान्मददर्पिताः ॥ भ्राजन्ते कृष्णसारङ्गाः काननेषु मुदान्विताः ॥ २६ ॥ एतान्यम्बुप्रहृष्टानि हरितानि मृदूनि च ॥ तृणानि शतपत्राक्ष पत्रैर्गूहन्ति मेदिनीम् ॥ २७ ॥ क्षरज्जलानां शैलानां वनानां जलदागमे ॥ ससस्यानां च सीमानां न लक्ष्मीर्व्यतिरिच्यते ॥ २८ ॥ शीघ्रवातसमुद्धूताः प्रोषितौत्सुक्यकारिणः ॥ दामोदरोद्दामरवाः प्रागल्भ्यं यान्ति तोयदाः ॥ २९ ॥ हरे हर्यश्वचापेन त्रिवर्णेन त्रिविक्रम ॥ विबाणज्येन रचितं तदेवं मध्यमं पदम् ॥ ३० ॥ नभस्येव नभश्चक्षुर्न भात्येव नभस्तले ॥ मेघैः शीतातपकरो विरश्मिरिव रश्मिवान् ॥ ३१ ॥ द्यावापृथिव्योः संसर्गः सततं विततैः कृतः ॥ अव्यवच्छिन्नधारौघैः समुद्रौघसमैर्घनैः ॥ ३२ ॥ नीपार्जुनकदंबानां पृथिव्यां चातिवृष्टिभिः ॥ गन्धैः कोलाहला वान्ति वाता मदनदीपनाः ॥ ३३ ॥ संप्रवृत्तमहावर्षं लम्बमानमहांबुदम् ॥ भात्यगाधमपर्यन्तं ससागरमिवांबरम् ॥ ३४ ॥ धारानिर्मलनाराचं विद्युत्कवचवर्मिणम् ॥ शक्रचापायुधधरं युद्धसज्जमिवांबरम् ॥ ३५ ॥ शैलानां च वनानां च द्रुमाणां च वरानन ॥ प्रतिच्छन्नानि भासन्ते शिखराणि घनैर्घनैः ॥ ३६ ॥ गजानीकैरिवाकीर्णं सलिलोद्गारिभिर्घनैः ॥ वर्णसारूप्यतां याति गगनं सागरस्य च ॥ ३७ ॥ समुद्रोद्धूतजनिता लोलाः शाद्वलकम्पिनः ॥ शीताः सपृषतोद्दामाः

इन बादलोंमें पड़कर विगतरश्मि हो गये हैं ॥ ३१ ॥ चारों ओरसे क्षुब्ध समुद्रके समान उमड़े हुए मेघोंके निरन्तर जल बरसानेके कारण ऐसा लगता है कि मानो आकाश और पृथिवी एकत्र हो गये हैं ॥ ३२ ॥ वायु और वर्षा कदम्ब, अर्जुन और नीप वृक्षोंके पुष्पोंकी सुगन्धि फैलाकर मनुष्योंके मनमें कामवासना उद्दीप्त कर रहे हैं ॥ ३३ ॥ महावर्षाका समय उपस्थित है। मेघगण जैसे जलके भारसे लटक गये हैं। जिस तरह समुद्र अथाह और असीम है, उसी प्रकार ये मेघ भी अथाह और असीम हो रहे हैं ॥ ३४ ॥ जलधारारूपी तीक्ष्ण बाण, विद्युत्‌रूपी कवच एवं इन्द्रधनुषरूपी विशाल धनुष धारण करके आकाश मानो युद्ध करनेके लिए तैयार है ॥ ३५ ॥ पर्वत, वन तथा वृक्षोंका शिखर मेघोंसे आच्छादित हो गया है ॥ ३६ ॥ सारा आकाशमंडल अविरल जल बरसानेवाले मेघोंसे इस तरह घिर गया है, जैसे वह हाथियोंके झुण्डसे घिर गया हो। इस समय गगनमंडल और समुद्रके रूपमें कोई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्तर नहीं रह गया है ॥३७॥ समुद्रमें क्षोभ तथा बढ़ी हुई श्वासोंमें कम्पन उत्पन्न करनेवाला शीतल वायु नितान्त कर्कश और कष्टकर हो उठा है ॥ ३८ ॥ दिन-रात वर्षासे और आकाशमें सूर्य-चन्द्रमाका लोप हो जानेके कारण दसों दिशायें अच्छी नहीं लग रही हैं ॥ ३९ ॥ आकाश वायुपूर्ण मेघकी सहायतासे मानो सचेत हो उठा है। इस समय सब प्रजाजन दिनको भी रात जैसा मान रहे हैं ॥४०॥ हे केशव ! देखो, अब वृन्दावनमें गर्मी एक दम नहीं रह गयी है। इस वर्षाकालमें वृन्दावन कुबेरके चैत्ररथ उपवन जैसा सुन्दर लग रहा है ॥४१॥ हे महाराज जनमेजय ! भगवान कृष्णके ज्येष्ठ भ्राता संकर्षण कृष्णसे इस प्रकार वर्षाकालके गुणोंका वर्णन करते हुए व्रजमें जा पहुँचे ॥ ४२ ॥ भगवान कृष्ण और बलराम अपनी गोपजाति तथा अन्यान्य लोगोंको आनन्दित करते हुए बड़े सुखसे वृन्दावनमें विचरने लगे ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे हरिवंशपर्वणि भाषाटीकायामेकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

(भगवान कृष्णकी बाललीला तथा यमुनाकी शोभाका वर्णन) वैशम्पायन बोले— हे महाराज ! कमनीय कान्तिसम्पन्न एवं इच्छारूपधारी कृष्ण एक बार बिना बलरामको

कर्कशा वान्ति मारुताः ॥३८॥ निशासु सुप्तचन्द्रासु मुक्ततोयासु तोयदैः ॥ मग्नसूर्यस्य नभसो न विभान्ति दिशो दश ॥३९॥ चेतनं पुष्करं कोशैः क्षुधाध्मातैः समन्ततः ॥ न घृणीनां न रम्याणां विवेकं यान्ति कृष्टयः ॥४०॥ घर्मदोषपरित्यक्तं मेघतोयविभूषितम् ॥ पश्य वृन्दावनं कृष्णं वनं चैत्ररथं यथा ॥४१॥ एवं प्रावृड्गुणान्सर्वाञ्छ्रीमान्कृष्णस्य पूर्वजः ॥ कथयन्नेव बलवान्व्रजमेव जगाम ह ॥४२॥ तौ रमयन्तावन्योन्यं कृष्णसंकर्षणावुभौ ॥ तत्कालज्ञातिभिः सार्द्धं चेरतुस्तद्वनं महत् ॥४३॥ इतिश्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि प्रावृड्वर्णनं नाम एकादशोऽध्यायः ॥११॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कदाचित्तु तदा कृष्णो विना संकर्षणेन वै ॥ चचार तद्वनं रम्यं कामरूपी वराननः ॥ १॥ काकपक्षधरः श्रीमाञ्छ्यामः पद्मदलेक्षणः ॥ श्रीवत्सेनोरसा युक्तः शशाङ्क इव लक्ष्मणा ॥२॥ साङ्गदेनाग्रहस्तेन पंकजोद्भिन्नवर्चसा ॥ सुकुमाराभिताम्रेण क्रांतविक्रांतगामिना ॥३॥ पीते प्रीतिकरे नृणां पद्मकिञ्जल्कसप्रभे ॥ सूक्ष्मे वसानो वसने ससंध्य इव तोयदः ॥ ४ ॥ वत्सव्यापारयुक्ताभ्यां व्यग्राभ्यां गण्डरज्जुभिः ॥ भुजाभ्यां साधुवृत्ताभ्यां पूजिताभ्यां दिवौकसैः ॥ ५ ॥ सदृशं पुण्डरीकस्य गन्धेन कमलस्य च ॥ रराज चास्य तद्बाल्ये रुचिरोष्ठपुटं मुखम् ॥ ६ ॥ शिखाभिस्तस्य मुक्ताभी रराज मुखपङ्कजम् ॥ वृतं षट्पदपङ्क्तीभिर्यथा [illegible]गातपद्ममण्डलम् ॥ ७ ॥ तस्यार्जुनकदम्बाढ्या नीपकन्दलमालिनी ॥

साथ लिये ग्वाल-बालोंके साथ अकेले वृन्दावनमें विचरने लगे ॥१॥ उसके मस्तकपर शिखा सुशोभित थी। उनका श्यामवर्ण था। कमलदलके समान उनके नेत्र थे। उनके वक्षःस्थलमें श्रीवत्समणि सुशोभित हो रहा था और चन्द्रमाके सदृश देदीप्यमान उनका मुखमण्डल था ॥ २ ॥ उनके नूपुरयुक्त चरणोंकी प्रभा अति सुकुमार एवं विकसित कमलके समान लाल थी। उनके चलते समय वामन भगवानके पदविन्यासका परिचय मिलता था ॥ ३ ॥ उनका परिधानवस्त्र पीताम्बर कमलकेसर सदृश पीतवर्णका महीन और मनोहर था। उसे धारण करके भगवान कृष्ण सन्ध्याकालीन मेघके समान दीख रहे थे ॥ ४ ॥ भलीभाँति गोल तथा देवताओं द्वारा पूजित उनकी दोनों भुजायें बछड़ोंको बाँधनेमें व्यग्र थीं ॥ ५ ॥ उनका अतिशय मनोहर ओष्ठपुटसमन्वित मुखमण्डल सदा कमलकी सुगन्धिसे सुगन्धित रहता था ॥ ६ ॥ उनके सिरकी शिखा छूटकर मुखपर लटक आयी थी, जिसे देखकर ऐसा लगता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था कि कमलपुष्पपर भौरोंका झुण्ड मँडरा रहा है ॥७॥ अर्जुन, नीप और कदम्बपुष्पोंकी मालासे उनका सारा तन विभूषित था, जिसे देखकर ऐसा लगता था कि जैसे आकाशमें नक्षत्रमंडल उदित हो गया हो ॥ ८ ॥ वीर कृष्णभगवान उस मालाको गलेमें धारण करके सघन मेघमालासे आच्छादित मूर्तिमान् श्रावणमासकी तरह शोभित हो रहे थे ॥ ९ ॥ उनके गलेकी मालामें एकमात्र मयूरपंख लगा हुआ था। वह मोरपंख जब हवासे हिलता था तो उस मालाकी शोभा असीम हो उठती थी ॥१०॥ वे कहीं गाते, कहीं सुमधुर पर्णवाद्य बजाते, कहीं खेलते और कहीं गौओंको आनन्ददायी एवं कामोद्दीपक वंशी बजाते हुए वन-वन विचरते थे ॥ ११-१२ ॥ मेघके समान श्याम एवं परमतेजस्वी श्रीकृष्ण वहाँकी रमणीक तथा विचित्र वनवीथियोंमें विचरने लगे ॥१३॥ उन वनोंमें चारों ओर मेघध्वनि सुनकर मयूरगण कामोद्दीपक केकारव कर रहे थे ॥१४॥ नयी-नयी घासोंसे मार्ग ढँक गये थे। शिलीन्ध्र (कठफुल्ले) विकसित हो-होकर उस वनके आभूषण बन रहे थे। नवअंकुरित अंकुरोंसे नवीन जल चू रहा था और उनमेंसे किसी मदिरा पीनेवाले व्यक्तिके श्वासकी तरह केसरकी सुगन्धि फैलकर उस प्रान्तको

रराज माला शिरसि नक्षत्राणां यथा दिवि ॥ ८ ॥ स तया मालया वीरः शुशुभे कण्ठसक्तया ॥ मेघमालाम्बुदश्यामो नभस्य इव मूर्तिमान् ॥ ९ ॥
एकेनामलपत्रेण कण्ठसूत्रावलम्बिना ॥ रराज बर्हिपत्रेण मन्दमारुतकम्पिना ॥ १० ॥ क्वचिद्गायन्क्वचित्क्रीडंश्चश्चूर्यंश्च कचित्कचित् ॥ पर्णवाद्यं श्रुतिसुखं वादयंश्च क्वचिद्वने ॥ ११ ॥ गोपवेणुं सुमधुरं कामात्तमपि वादयन् ॥ प्रह्लादनार्थं च गवां क्वचिद्वनगतो युवा ॥ १२ ॥ गोकुलेऽम्बुधरः श्यामश्चचार द्युतिमान्प्रभुः ॥ रेमे च तत्र रम्यासु चित्रासु वनराजिषु ॥ १३ ॥ मयूररवघुष्टासु मदनोद्दीपनीषु च ॥ मेघनादप्रतिव्यूहैर्नादितासु समन्ततः ॥ १४ ॥ शाद्वलच्छन्नमर्गासु शिलीन्ध्राभरणासु च ॥ कन्दलामलपत्रासु स्रवन्तीषु नवं जलम् ॥ १५ ॥ केसराणां नवैर्गन्धैर्मदनिःश्वसितोपमैः ॥ अभीक्ष्णं निःश्वसन्सतीषु कामिनीष्विव नित्यशः ॥ १६ ॥ सेव्यमानो नवैर्वातैर्द्रुमसंघातनिःसृतैः ॥ तासु कृष्णो मुदं लेभे सौम्यासु वनराजिषु ॥ १७ ॥ स कदाचिद्वने तस्मिन्गोभिः सह परिव्रजन् ॥ ददर्श विपुलोदग्रं शाखिनं शाखिनां वरम् ॥ १८ ॥ स्थितं धरण्यां मेघाभं निबिडं दलसंचयैः ॥ गगनार्धोच्छ्रिताकारं पर्वताभोगधारिणम् ॥ १९ ॥ नीलं चित्राङ्गवर्णैश्च सेवितं बहुभिः खगैः ॥ फलैः प्रवालैश्च घनैः सेन्द्रचापघनोपमम् ॥ २० ॥ भवनाकारविटपं लतापुष्पसुमण्डितम् ॥ विशालमूलावनतं पवनाम्भोदधारिणम् ॥ २१ ॥ आधिपत्यमिवान्येषां तस्य देशस्य

सुगन्धित कर रही थी। उस समय ऐसा लगता था कि जैसे वह वनश्रेणी किसी कामिनीके सदृश निरन्तर साँस ले रही है ॥ १५ ॥ १६ ॥ वहाँ वृक्षसमूहसे टकराकर आयी हुई मन्द-मन्द वायुका सेवन करते हुए कमललोचन कृष्ण विचरने लगे। उन सुन्दर वनोंमें भ्रमण करनेसे उन्हें बड़ा आनन्द मिला ॥ १७ ॥ एक दिन गौओंके साथ घूमते-घूमते श्रीकृष्णने बहुतेरी शाखा-प्रशाखाओंवाला एक विशाल वृक्ष देखा ॥ १८ ॥ अत्यधिक पत्तोंसे लदा हुआ वह वृक्ष पृथिवीपर उतरे हुए मेघकी तरह दीख रहा था। वह वृक्ष ऊपर आधे आकाशतक फैला हुआ था और विस्तारमें पर्वतके समान होकर वायुके मार्गको अवरुद्ध करके खड़ा था ॥ १९ ॥ मयूर आदि विविध वर्णोंके पक्षी सदा उस तरुवरपर विराजमान रहते थे। फल-पुष्पसमूहसे लदा हुआ वह वृक्ष इन्द्रधनुषसे अलंकृत मेघकी शोभा धारण किये था ॥ २० ॥ उसकी शाखायें नीचे तक फैलकर भवनका रूप धारण कर रही थीं। वह वृक्ष लताओ तथा पुष्पोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदा सुशोभित रहता था। उसकी विस्तीर्ण जटायें लटकी हुई थीं। उस स्थानपर वायु और मेघका प्रवेश नहीं था॥ २१॥ वह वृक्ष वहाँके सभी वृक्षोंका अधिपति बना हुआ था। क्योंकि उसके पास वर्षा और धूप दोनोंकी पहुँच नहीं थी। एक प्रकारसे वह बहुत बड़ा शुभ कर्म कर रहा था॥ २२॥ पर्वतके समान विशालकाय उस वृक्षका नाम भण्डीर वृक्ष था। उस वटवृक्षको देखते ही भगवान कृष्णकी इच्छा हुई कि उसके नीचे चलकर विश्राम किया जाय॥ २३॥ पूर्वकालमें जिस प्रकार भगवान स्वर्गमें निवास करते थे। ठीक उसी प्रकार अपने समवस्यक ग्वालवालोंके साथ श्रीकृष्ण उस वृक्षके नीचे विहार करने लगे॥ २४॥ उनके साथी ग्वाल-बाल वनसे विविध प्रकारकी क्रीड़ासामग्री लाकर भगवानको देते हुए उन्हें खेलाने लगे॥ २५॥ उनमेंसे कुछ ग्वाल-बाल बड़े आनन्दके साथ विविध प्रकारके गीत तथा गोप कृष्णलीलासम्बन्धी गायन गाने लगे॥ २६॥ भगवान कृष्ण भी उनके बीचमें कभी वंशी, कभी तुम्बी, कभी वीणा और कभी पर्णवाद्य बजाने लगे॥ २७॥ तदनन्तर एक दिन गायें चराते हुए वृषभेक्षण (बैल जैसें नेत्रोंवाले) भगवान कृष्ण लता-वृक्षविभूषित

शाखिनाम्॥ कुर्वाणं शुभकर्माणं निरावर्षमनातपम्॥ २२॥ न्यग्रोधं पर्वताग्रभं भाण्डीरं नाम नामतः॥ दृष्ट्वा तत्र मतिं चक्रे निवासाय ततः प्रभुः॥ २३॥ स तत्र वयसा तुल्यैर्वत्सपालैः सहानघ॥ रेमे वै दिवसं कृष्णः पुरा स्वर्गगतो यथा॥२४॥ तं क्रीडमानं गोपालाः कृष्णं भाण्डीरवासिनम्॥ रमयन्ति स्म बहवो वन्यैः क्रीडनकैस्तदा॥ २५॥ अन्ये स्म परिगायन्ति गोपा मुदितमानसाः॥ गोपालाः कृष्णमेवान्ये गायन्ति स्म रतिप्रियाः॥ २६॥ तेषां स गायतामेव वादयामास वीर्यवान्॥ पर्णवाद्यान्तरे वेणुं तुम्बीं वीणां च तत्र ह॥ २७॥ कदाचिच्चारयन्नेव गाः स गोवृषभेक्षणः॥ जगाम यमुनातीरं लताऽलंकृतपादपम्॥ २८॥ तरङ्गापाङ्गकुटिलां वारिस्पर्शसुखानिलाम्॥ तां च पद्मोत्पलवतीं ददर्श यमुनां नदीम्॥ २९॥ सुतीर्थां स्वादुसलिलां ह्रादिनीं वेगगामिनीम्॥ तोयवातोद्धुतैर्वेगैरवनामितपादपाम्॥ ३०॥ हंसकारण्डवोद्घुष्टां सारसैश्च निनादिताम्॥ अन्योन्यमिथुनैश्चैव सेवितां मिथुनेचरैः॥ ३१॥ जलजैः प्राणिभिः कीर्णां जलजैर्भूषितां गुणैः॥ जलजैः कुसुमैश्चित्रां जलजैर्हरितोदकाम्॥ ३२॥ प्रसृतस्रोतचरणां पुलिनश्रोणिमण्डलाम्॥ आवर्त्तनाभिगम्भीरां पद्मरागानुरञ्जिताम्॥ ३३॥ तटच्छेदोदरां कान्तां त्रितरङ्गावली-

यमुनातटपर पहुँचकर देखा कि वहाँ जलकणोंसे मिश्रित शीतल और मन्द हवा चल रही है। यमुना अपने तरंगरूपी कटाक्षका विस्तार कर रही है। उसमें कमल-कुमुदिनी आदि भाँति-भाँतिके पुष्प खिले हुए हैं॥ २८॥ २९॥ उसपर यत्र-तत्र सुन्दर घाट बने हुए थे और उसका जल बहुत ही स्वादिष्ट था। वर्षाके कारण कल-कल शब्द करती यमुना बड़े वेगसे बहती हुई तटवर्ती वृक्षोंको उखाड़ती जा रही थी॥ ३०॥ हंस, सारस, कारण्डव आदि पक्षियोंके जोड़ोंके कलरवसे वह नदी सदा शब्दायमान रहती थी। उस समय ऐसा लगता था कि मानो यमुना स्त्रीका वेश धारण किये हुए है॥ ३१॥ उसके तटपर जलजन्तुओंकी भीड़ लगी रहती थी। जलके शीतलत्व-निर्मलत्व आदि गुण उसमें विद्यमान थे। जलमें उत्पन्न होनेवाले कमल आदि पुष्प खिले हुए थे और सेवारोंके कारण उसका जल हरा दीख रहा था॥ ३२॥ उस नारीरूपधारिणी यमुनाका वेगवान् बहाव चरण था। तटप्रदेश उसका नितम्ब था। उसमें उठनेवाला भँवर ही उसकी नाभि था। उसमें खिले कमल ही उसके रोयें थे। तीन प्रकारसे उठनेवाली तरंगें ही उसकी त्रिवली थी। प्रवाहकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कृशता (बीचमें पड़ी रेती) ही उसका उदर था। उसमें उठनेवाले फेन यमुनाके दाँत थे। उसके तटपर रहनेवाले हंस ही उसके हास्य थे ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ रक्तकमल उसके ओष्ठ, निम्नता भौं, पद्म नेत्र सुदीर्घ दह ललाट, मनोहर सेवार केश और सुदीर्घ स्रोत उसकी विस्तृत भुजायें थीं ॥ ३५ ॥ तटचारी चक्रवाक उसके स्तन, तीरपार्श्व विशाल मुख, दीर्घ स्रोत भुजायें तथा दोनों तटों तक फैला हुआ जल ही उसका कान था ॥ ३६ ॥ कारण्डव पक्षी उसके कुण्डल, तेजस्वी कमल उसके नेत्र, उसके तटपर उगे वनस्पति आभूषण और मछलियाँ ही निर्मल मेखला थीं ॥ ३७ ॥ जलमें फैले हुए कमलपत्र वस्त्र, सारसोंका स्वर नूपुर और हंसाङ्कित काशपुष्प उसका शुभ्र पहनावा था ॥ ३८ ॥ मत्स्य, नक्र एवं कछुए आदि जल-जन्तु उसके अंगराग, जल पीनेको आये हुए वनजन्तु आभूषण थे और मनुष्य लोग उसके दूध जैसे निर्मल जलको पी रहे थे ॥ ३९ ॥ विविध जलजन्तुओंने जल पीकर उसे उच्छिष्ट कर दिया था। उसके तटपर अनेक आश्रम विद्यमान थे। भगवान कृष्ण उस समुद्रपत्नीको देखते हुए विचरने लगे ॥ ४० ॥ उनके इस प्रकार विचरनेसे यमुनाकी शोभा बढ़ गयी। वहाँपर उन्होंने

धरान् ॥ फेनप्रहृष्टदशनां प्रसन्नां हंसहासिनीम् ॥ ३४ ॥ रुचिरोत्पलरक्तोष्ठीं नतभ्रूं जलजेक्षणाम् ॥ ह्रददीर्घललाटान्तां कान्तां शैवालमूर्द्धजाम्
॥ ३५ ॥ चक्रवाकस्तनतटीं तीरपार्श्वायताननाम् ॥ दीर्घस्रोतायतभुजामाभोगश्रवणायताम् ॥ ३६ ॥ कारण्डवाकुण्डलिनीं श्रीमत्पङ्कजलोचनाम् ॥
तटजाभरणोपेतां मीननिर्मलमेखलाम् ॥ ३७ ॥ पारिप्लवप्लवक्षौमां सारसारावनूपुराम् ॥ काशपुष्पमयं वासो वसानां हंसलक्षणम् ॥ ३८ ॥
मत्स्यनक्रानुलिप्ताङ्गीं कूर्मलक्षणभूषिताम् ॥ निपानश्वापदापीडां नृभिः पीतपयोधराम् ॥ ३९ ॥ श्वापदोच्छिष्टसलिलामाश्रमस्थानसंकुलाम् ॥ तां
समुद्रस्य महिषीमीक्षमाणः समन्ततः ॥ ४० ॥ चचार रुचिरं कृष्णो यमुनामुपशोभयन् ॥ तां चरन्स नदीं श्रेष्ठां ददर्श ह्रदमुत्तमम् ॥ ४१ ॥
दीर्घं योजनविस्तारं दुस्तरं त्रिदशैरपि ॥ गम्भीरमक्षोभ्यजलं निष्कम्पमिव सागरम् ॥ ४२ ॥ तोयजैः श्वापदैस्त्यक्तं शून्यं तोयचरैः खगैः ॥
अगाधेनाम्भसा पूर्णं मेघपूर्णमिवाम्बरम् ॥ ४३ ॥ दुःखोपसर्प्यं तीरेषु ससर्पैर्विपुलैर्बिलैः ॥ विषारणिभवस्याग्नेर्धूमेन परिवेष्टितम् ॥ ४४ ॥ अभोग्यं
तत्पशूनां हि अपेयं च जलार्थिनाम् ॥ उपभोगैः परित्यक्तं सुरैस्त्रिषवणार्थिभिः ॥ ४५ ॥ आकाशादप्यसंचार्यं खगैराकाशगोचरैः ॥ तृणेष्वपि
पतत्स्वप्सु ज्वलन्तमिव तेजसा ॥ ४६ ॥ समन्ताद्योजनं साग्रं देवैरपि दुरासदम् ॥ विषानलेन घोरेण ज्वालाप्रज्वलितद्रुमम् ॥ ४७ ॥ व्रजस्योत्तर-

एक बहुत बड़ा ह्रद (जलकुण्ड) देखा ॥ ४१ ॥ वह एक योजन विस्तृत तथा गहरा इतना था कि देवता भी उसे नहीं पार कर सकते थे। वह ह्रद अत्यन्त गम्भीर एवं वायु-शून्य समुद्रके समान शान्त था ॥ ४२ ॥ उसमें जलजन्तुओं तथा जलचर पक्षियोंका सर्वथा अभाव था। उसमें सदा गहरा जल भरा रहनेके कारण वह मेघपूर्ण आकाशके सदृश दीख रहा था। उसके तटपर सर्पोंके बहुतेरे बिल थे। अतएव कोई वहाँ नहीं जा सकता था। सर्पोंके विषरूपी अरणीसे निकली आगका धुआँ उठकर उसके सब ओर फैल गया था ॥४३॥४४॥ वहाँ भले लोगों द्वारा त्रिषवण (त्रिकाल स्नान) की बात दूर रही, प्याससे पशु-पक्षी भी उसका जल नहीं पीते थे ॥ ४५ ॥ उस दहके ऊपर आकाशसे भी उड़कर कोई पक्षी नहीं जा सकता था। यहाँ तक कि हवासे उड़कर पहुँचा हुआ तृण भी उसकी आँचसे जल जाता था ॥ ४६ ॥ उसके चारों ओर डेढ़ योजन तक तो देवताओंकी भी पहुँच नहीं थी। भयानक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विषकी आगसे उस दहका जल नित्य खौलता रहता था और आस-पासके वृक्ष जल गये थे ॥ ४७ ॥ व्रजके उत्तर ओर केवल एक कोसकी भूमि निरुपद्रव थी। उसके बाद उस विशाल दहको देखकर भगवान कृष्ण सोचने लगे-॥ ४८ ॥ 'यह भयानक दह किसका है ?' किन्तु क्षण ही भरमें उन्होंने समझ लिया कि पूर्वकालमें मेरे द्वारा पराजित तथा सर्पाहारी गरुड़के भयसे जिस नागने समुद्रवास त्याग दिया था, वही नीलगिरि पर्वतके समान भीषणकाय सर्पराज कालिया नाग इस दहमें रहता है। उसीके कारण यह समुद्रमें जाकर मिलनेवाली यमुना दूषित हो गयी है ॥ ४९-५१ ॥ उस सर्पपतिके भयसे ही लोगोंने यह स्थान त्याग दिया है। इसी कारण यह वन इतना भयानक हो गया है और तरह-तरहके वृक्ष तथा लतायें उग आयी हैं। सर्पराज कालियाके सचिव तथा विश्वस्त भृत्य इस वनकी रक्षा कर रहे हैं ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ इसीसे यह आकाशकी तरह निरवलम्ब तथा विषमिश्रित

तस्तस्य क्रोशमात्रे निरामये ॥ तं दृष्ट्वा चिन्तयामास कृष्णो वै विपुलं ह्रदम् ॥ ४८ ॥ अगाधं द्योतमानं च कस्यायं महतो ह्रदः ॥ अस्मिन्स कालियो नाम नीलाञ्जनचयोपमः ॥ ४९ ॥ उरगाधिपतिः साक्षाद्ध्रदे वसति दारुणः ॥ उत्सृज्य सागरावासं यो मया निर्जितः पुरा ॥ ५० ॥ भयात्पतगराजस्य सुपर्णस्योरगाशिनः ॥ तेनेयं दूषिता सर्वा यमुना सागरङ्गमा ॥ ५१ ॥ भयात्तस्योरगपतेर्नायं देशो निषेव्यते ॥ तदिदं दारुणाकारमरण्यं रूढशाद्वलम् ॥ ५२ ॥ सावरोहद्रुमं घोरं कीर्णं नानालताद्रुमैः ॥ रक्षितं सर्पराजस्य सचिवैराप्तकारिभिः ॥ ५३ ॥ वनं निर्विषयाकारं विषार्न्नमिव दुःस्पृशम् ॥ तैराप्तकारिभिर्नित्यं सर्वतः परिरक्षितम् ॥ ५४ ॥ शैवालनलिनैश्चापि वृक्षैः पक्षिरुताकुलैः ॥ कर्त्तव्यमार्गौ भ्राजेते ह्रदस्यास्य तटावुभौ ॥ ५५ ॥ तदस्य सर्पराजस्य कर्त्तव्यो निग्रहो मया ॥ यथेयं सरिदम्भोदा भवेच्छिवजलाशया ॥ ५६ ॥ व्रजोपभोग्या च यथा नागो च दमिते मया ॥ सर्वत्र सुखसञ्चारा सर्वतीर्थसुखाश्रया ॥ ५७ ॥ एतदर्थं च वासोऽयं व्रजेऽस्मिन्गोपजन्म च ॥ अमीषामुत्पथस्थानां निग्रहार्थं दुरात्मनाम् ॥ ५८ ॥ एनं कदम्बमारुह्य तदेव शिशुलीलया ॥ विनिपत्य ह्रदे घोरे दमयिष्यामि कालियम् ॥ ५९ ॥ एवं कृते बाहुवीर्यं लोके ख्यातिं गमिष्यति ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि बालचरिते यमुनावर्णनं नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

अन्नकी तरह सब लोगोंके द्वारा परित्यक्त हो चुका है। इस दहके दोनों किनारोंपर सेवारके समान नितान्त मलिन वृक्ष तथा लतायें उगी हुई हैं और उनपर पक्षी चहक रहे हैं। अतएव अब इसके दोनों तटोंपर मार्ग बनाना तथा सर्पराज कालियाको पकड़कर बाहर निकाल देना मेरे लिए आवश्यक कार्य है। ऐसा करनेसे व्रजवासी इसके जलका उपयोग करते हुए सर्वत्र आनन्दपूर्वक विहार कर सकेंगे ॥ ५४-५७ ॥ ऐसे-ऐसे सभी कुपथगामी दुष्टोंका दमन करनेके लिए ही मैंने जन्म लेकर गोपकुलमें निवास करना स्वीकार किया है ॥ ५८ ॥ अतएव बाललीला करता हुआ मैं इस कदम्बके वृक्षपर चढ़ तथा इस भयानक दहमें कूदकर कालिया नागका दमन करूँगा ॥५९॥ ऐसा करनेसे संसारमें मेरे भुजबलकी ख्याति बढ़ जायगी ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्ण द्वारा कालिया नागका दमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पूर्वनिश्चित योजनाके अनुसार श्रीकृष्ण उस दहके पास गये और कमर कसकर बड़ी प्रसन्नताके साथ कदम्बवृक्षपर चढ़ गये ॥१॥ तदनन्तर वे उस कदम्बके उच्च शिखरसे लटककर उस दहमें कूद पड़े और बड़े जोरोंसे हल्ला मचाने लगे ॥२॥ उनके इस प्रकार कूदनेसे वह यमुनादह विक्षुब्ध हो उठा और घिरे हुए मेघके समान चारों ओर जल फेंकने लगा ॥ ३ ॥ उनके कूदने तथा हल्ला मचानेका शब्द सर्पराज कालियाके भवन तक जा पहुँचा और सारा भवन तलमला उठा । तत्काल मेघराशिके समान काला सर्पराज कालिया आँखें लाल किये हुए जलसे बाहर निकला ॥ ४ ॥ ५ ॥ उसके अत्यन्त भीषण पाँच मुखोंसे आगकी लपटें निकल रही थीं और उसकी चंचल जिह्वायें लपलपा रही थीं ॥ ६ ॥ अग्निके सदृश उसका शरीर क्रोधके कारण फूल गया था, जिससे उसने सारे दहको घेर लिया । तेजकी अधिकतावश

वैशम्पायन उवाच ॥ सोपसृत्य नदीतीरं बद्ध्वा परिकरं दृढम् ॥ आरोहच्चपलः कृष्णः कदंबशिखरं मुदा ॥१॥ कृष्णः कदंबशिखराल्लम्ब-मानो घनाकृतिः ॥ ह्रदमध्येऽकरोच्छब्दं निपतन्नम्बुजेक्षणः ॥२॥ कृष्णेन तत्र पतता क्षुभितो यमुनाह्रदः ॥ संप्रासिच्यत वेगेन भिद्यमान इवांबुदः ॥ ३ ॥ तेन शब्देन संक्षुब्धं सर्पस्य भवनं महत् ॥ उदतिष्ठज्जलात्सर्पो रोषपर्याकुलेक्षणः ॥ ४ ॥ स चोरगपतिः क्रुद्धो मेघराशिसमप्रभः ॥ ततो रक्तान्तनयनः कालियः समदृश्यत ॥ ५ ॥ पञ्चास्यः पावकोच्छ्वासश्चलज्जिह्वोऽनलाननः ॥ पृथुभिः पञ्चभिर्घोरैः शिरोभिः परिवारितः ॥ ६ ॥ पूरयित्वा ह्रदं सर्वं भोगेनानलवर्चसा ॥ स्फुरन्निव च रोषेण ज्वलन्निव च तेजसा ॥ ७ ॥ क्रोधेन तज्जलं तस्य सर्वं शृतमिवाभवत् ॥ प्रतिस्रोता च भीतेव जगाम यमुना नदी ॥ ८ ॥ तस्य क्रोधाग्निपूर्णेभ्यो वक्त्रेभ्योऽभूच्च मारुतः ॥ दृष्ट्वा कृष्णं ह्रदगतं क्रीडन्तं शिशुलीलया ॥ ९ ॥ सधूमाः पन्नगेन्द्रस्य मुखान्निश्चेरुरर्चिषः ॥ सृजता तेन रोषाग्निं समीपे तीरजा द्रुमः ॥ १० ॥ क्षणेन भस्मसान्नीता युगान्तप्रतिमेन वै ॥ तस्य पुत्राश्च दाराश्च भृत्याश्चान्ये महोरगाः ॥ ११ ॥ वमन्तः पावकं घोरं वक्त्रेभ्यो विषसंभवम् ॥ सधूमं पन्नगेन्द्रास्ते निपेतुरमितौजसः ॥ १२ ॥ प्रवेशितश्च तैः सर्पैः स कृष्णो भोगबन्धनम् ॥ निर्यत्नचरणाकारस्तस्थौ गिरिरिवाचलः ॥ १३ ॥ अदशन्दशनैस्तीक्ष्णैर्विषोत्पीडजलाविलैः ॥ ते कृष्णं सर्प-

उसका शरीर अग्निसदृश प्रज्वलित हो रहा था । उसके क्रोधसे सारा जल उबल उठा और भयभीत यमुनाका प्रवाह मुड़कर प्रतिकूल दिशामें प्रवाहित होने लगा ॥ ७ ॥ ८ ॥ एक बालककी तरह दहमें खेलवाड़ करते हुए श्रीकृष्णको देखकर कालिया नागके क्रोधपूर्ण मुखसे अग्निज्वालाके समान गरम श्वास तथा धुएँयुक्त आग निकलने लगी । प्रलयाग्नि सदृश उसके रोषानलसे दहके तटवर्ती वृक्ष क्षणभरमें जलकर राख हो गये । उसके पुत्र, स्त्री तथा भृत्य आदि भी महान् सर्प थे । वे सब अपने-अपने मुखसे विषरूपी सधूम अग्निका वमन करते हुए वहाँ आ उपस्थित हुए ॥ ९–१२ ॥ इस प्रकार अनुचरोंके साथ कृष्णके समीप पहुँचते ही कालिया नागने भगवान कृष्णके सारे शरीरको अपने शरीरमें लपेटकर जकड़ लिया । उस समय श्रीकृष्ण सर्वथा निश्चेष्ट पर्वतके समान स्थिर होकर खड़े हो गये ॥ १३ ॥ अब वे सभी महासर्प चारों ओरसे अपने विषैले दाँतों द्वारा उन्हें काटने लगे । किन्तु उनके ऐसा करनेपर भी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परमवीर कृष्णभगवान नहीं मरे ॥ १४ ॥ इसी समय श्रीकृष्णके साथी ग्वाल-बाल अत्यधिक भयभीत होकर नेत्रोंसे आँसू बहाने और जोरोंसे रुदन करते हुए व्रजमें जा पहुँचे । आँसुओंसे गला भर आनेके कारण गद्गद वाणीमें उन गोपोंने कहा—श्रीकृष्ण कालीदहमें डूबकर अचेत हो गये हैं । सर्पराज कालिया इस समय उन्हें बहुत तरहसे काट रहा है । अब विलम्ब न करके आप लोग शीघ्र चलें और गोपवर नन्द तथा बलरामसे भी कह दें कि कालीदहमें आपके प्यारे कृष्णको कालिया नाग डस रहा है ॥१५–१७॥ गोपराज नन्द वज्रपात सदृश इस समाचारको सुनते ही अत्यन्त दुखी होकर लड़खड़ाते पैरों उस दहकी ओर भागे ॥ १८ ॥ कुछ ही क्षणोंमें आबाल-वृद्ध-वनिता सभी गोप बलरामके साथ सर्पराज कालियाके महादहपर जा पहुँचे ॥ १९ ॥ नन्द आदि सभी लोग आँखोंसे आँसू बहाते और हाहाकार करते हुए उस दहके किनारे खड़े हो गये ॥ २० ॥ लज्जित, विस्मित तथा शोकार्त होकर

पतयो न ममार च वीर्यवान ॥ १४ ॥ एतस्मिन्नन्तरे भीता गोपालाः सर्व एव ते ॥ क्रन्दमाना व्रजं जग्मुर्बाष्पगद्गदया गिरा ॥ १५ ॥ गोपा ऊचः ॥ एष मोहं गतः कृष्णो मग्नो हि कालिये ह्रदे ॥ भक्ष्यते सर्पराजेन तदागच्छत मा चिरम् ॥ १६ ॥ नन्दगोपाय वै क्षिप्रं सबलाय निवेद्यताम् ॥ एष ते कृष्यते कृष्णः सर्पेणेति महाह्रदे ॥ १७ ॥ नन्दगोपस्तु तच्छ्रुत्वा वज्रपातोपमं वचः ॥ आर्त्तः स्खलितविक्रान्तस्तं जगाम ह्रदोत्तमम् ॥ १८ ॥ सबालयुवतीवृद्धः स च संकर्षणो युवा ॥ आक्रीडं पन्नगेन्द्रस्य जलस्थं समुपागमत् ॥ १९ ॥ नन्दगोपमुखा गोपास्ते सर्वे साश्रुलोचनाः ॥ हाहाकारं प्रकुर्वन्तस्तस्थुस्तीरे ह्रदस्य वै ॥ २० ॥ व्रीडिता विस्मिताश्चैव शोकार्ताश्च पुनः पुनः ॥ केचित्तु पुत्र हा हेति हा धिगित्यपरे पनः ॥ २१ ॥ अपरे हा हताः स्मेति रुरुदुर्भृशदुःखिताः ॥ स्त्रियश्चैव यशोदां तां हा हताऽसीति चुक्रुशुः ॥ २२ ॥ या पश्यसि प्रियं पत्रं सर्पराजवशं गतम् ॥ स्पन्दितं सर्पभोगेन कृष्यमाणं यथा मृतम् ॥ २३ ॥ अश्मसारमयं नूनं हृदयं ते विलक्ष्यते ॥ पुत्रं कथमिमं दृष्ट्वा यशोदे नावदीर्यसे ॥ २४ ॥ दुःखितं बत पश्यामो नन्दगोपं ह्रदान्तिके ॥ न्यस्य पुत्रमुखे दृष्टिं निश्चेतनमिव स्थितम् ॥ २५ ॥ यशोदामनुगच्छन्त्यः सर्पावासमिमं ह्रदम् ॥ प्रविशामो न यास्यामो विना दामोदरं व्रजम् ॥ २६ ॥ दिवसः को विना सूर्यं विना चन्द्रेण का निशा ॥ विना वृषेण का गावो विना कृष्णेन को व्रजः ॥ २७ ॥ विना कृष्णं न यास्यामो विवत्सा इव धेनवः ॥ तासां विलपितं श्रुत्वा तेषां च व्रजवासिनाम् ॥

उनमेंसे कुछ लोग 'हा पुत्र !' कुछ लोग 'हाय, यह दुख देखनेवाले मुझको धिक्कार है' और कुछ लोग 'हाय, मैं मर गया' ऐसा कहकर रुदन करने लगे । स्त्रियाँ यशोदाको सम्बोधन करके कहने लगीं—'हाय यशोदा ! तुम मारी गयीं । आज तुम्हें अपने पुत्रको कालिया नागके वशवर्ती होकर मृतककी तरह सर्पबन्धनमें बँधा देखना पड़ रहा है ॥ २१–२३ ॥ हे यशोदे ! ज्ञात होता है कि तुम्हारा हृदय पत्थरका बना हुआ है । तभी तो पुत्रको इस अवस्थामें देखकर भी वह विदीर्ण नहीं हो जाता ॥ २४ ॥ दहके समीप खड़े नन्दगोप बहुत दुखी होकर अपने प्यारे पुत्रकी ओर निहारते हुए निश्चेष्ट खड़े हैं ॥ २५ ॥ आज यदि हम कृष्णको न पायेंगी तो यहाँसे नहीं लौटेंगी, बल्कि यशोदाके साथ हम सब इसी कालीदहमें कूदकर अपने प्राण दे देंगी ॥ २६ ॥ जैसे सूर्यविहीन दिवस, चन्द्रहीन रात्रि और बिना साँड़की गायें असहाय रहती हैं, वैसे ही श्रीकृष्णके बिना सूने व्रजसे हमें कोई सरोकार नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है ॥ २७ ॥ वत्सविहीन गोके समान हम कृष्णको छोड़कर व्रजको नहीं जायँगी। उन गोपियों तथा व्रजवासी गोपोंका विलाप सुनकर नन्दगोप तथा यशोदाका रुदन द्विगुणित हो गया ॥२८॥ सो सुनकर एक भाव किन्तु भिन्नदेहधारी बलराम अत्यधिक रुष्ट होकर कृष्णसे बोले ॥२९॥ उन्होंने कहा—हे महाबाहु कृष्ण! हे गोपोंके आनन्दवर्द्धन! तुम शीघ्र इस विष-शस्त्रसम्पन्न सर्पराज कलियाका दमन करो ॥ ३० ॥ क्योंकि ये मानवबुद्धि हमारे बन्धु-बान्धव तुम्हें साधारण मनुष्य समझकर करुण स्वरमें विलाप कर रहे हैं ॥ ३१ ॥ बलराम-की उस ज्ञानपूर्ण बातको सुनकर भगवान कृष्ण हाथ झटककर नागपाशसे बाहर हो गये ॥ ३२ ॥ तदनन्तर जलसे बाहर निकले हुए कालिया नागके मस्तकपर उन्होंने अपने चरणका प्रहार किया और उसका सिर झुकाकर तत्काल उसपर चढ़ गये। उसके मस्तकपर चढ़कर सुन्दर आभूषणधारी कृष्णभगवान नाचने लगे ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ इस प्रकार भगवान

विलापं नन्दगोपस्य यशोदारुदितं तथा ॥ २८ ॥ एकभावशरीरज्ञ एकदेहो द्विधा कृतः ॥ संकर्षणस्तु संक्रुद्धो बभाषे कृष्णमव्ययम् ॥ २९ ॥
कृष्ण कृष्ण महाबाहो गोपालानन्दवर्द्धन ॥ दम्यतामेष वै क्षिप्रं सर्पराजो विषायुधः ॥ ३० ॥ इमे नो बान्धवास्तात त्वां मत्वा मानुषं विभो ॥
परिदेवन्ति करुणं सर्वे मानुषबुद्धयः ॥ ३१ ॥ तच्छ्रुत्वा रौहिणेयस्य वाक्यं संज्ञासमीरितम् ॥ विक्रीड्यास्फोटयद्बाहुं भित्त्वा तन्नागबन्धनम् ॥३२॥
तस्य पद्भ्यामथाक्रम्य भोगराशिं जलोत्थितम् ॥ शिरस्तु कृष्णो जग्राह स्वहस्तेनावनाम्य च ॥ ३३ ॥ तस्यारुरोह सहसा मध्यमं तन्महच्छिरः ॥
सोऽस्य मूर्ध्नि स्थितः कृष्णो ननर्त रुचिरांगदः ॥३४॥ मृद्यमानः स कृष्णेन श्रान्तमूर्द्धा भुजंगमः ॥ आस्यैः सरुधिरोद्गारैः कातरो वाक्यमब्रवीत्
॥ ३५ ॥ अविज्ञानान्मया कृष्ण रोषोऽयं संप्रदर्शितः ॥ दमितोऽहं हतविषो वशगस्ते वरानन ॥३६॥ तदाज्ञापय किं कुर्यां सदारापत्यबान्धवः ॥
कस्य वा वशतां यामि जीवितं मे प्रदीयताम् ॥ ३७ ॥ पञ्चमूर्द्धानतं दृष्ट्वा सर्पं सर्पारिकेतनः ॥ अक्रुद्ध एव भगवान्प्रत्युवाचोरगेश्वरम् ॥ ३८ ॥
तवास्मिन् यमुनातोये नैव स्थानं ददाम्यहम् ॥ गच्छार्णवजलं सर्प सभार्यः सहबान्धवः ॥३९॥ यश्चेह भूयो दृश्येत स्थाने वा यदि वा जले ॥ तव
भृत्यस्तनूजो वा क्षिप्रं वध्यः स मे भवेत् ॥ ४० ॥ शिवं चास्य जलस्यास्तु त्वं च गच्छ महार्णवम् ॥ स्थाने त्विह भवेद्दोषस्तवान्तकरणो महान्

कृष्ण द्वारा मस्तकपर नर्तन तथा मर्दन करनेसे अत्यन्त श्रान्त होकर मुखसे रुधिर वमन करता हुआ कालिया नाग कातर स्वरमें बोला—हे कृष्ण! अनजानमें मैंने आपपर रोष किया था। हे सुन्दरमुख कृष्ण! आपने मेरा दमन कर दिया और मैं निर्विष होकर आपके शरणागत हूँ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ आप मुझे जीवनदान दीजिए और साथ ही यह भी बताइए कि सपरिवार मैं क्या करूँ और किसकी अधीनतामें रहूँ ॥३७॥ भगवान कृष्ण सर्पराजको पाँचों मस्तक झुकाकर विनम्र खड़े देख बिना किसी प्रकारका कोप प्रदर्शन किये उससे कहने लगे—॥३८॥ सर्पराज! अब मैं तुम्हें इस यमुनाजलमें नहीं रहने दूँगा। अतएव तुम अपनी स्त्री तथा बन्धु-बान्धवोंके साथ जाकर समुद्रके जलमें निवास करो ॥३९॥ यदि फिर कभी तुम्हें या तुम्हारे पुत्रों या भृत्योंको इस स्थान तथा इस जलमें देखूंगा तो मार डालूँगा ॥ ४० ॥ तुम महासमुद्रमें चले जाओ, जिससे इस ह्रदका जल निर्मल हो जाय। तुम्हारे यहाँ रहनेसे बड़े

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अनर्थ हो सकते हैं। इसलिए तुम्हारा निकलना बहुत आवश्यक है ॥ ४१ ॥ मैं यह भी जानता हूँ कि समुद्रमें तुम्हें गरुड़से भय है। किन्तु पक्षिराज गरुड़ तुम्हारे मस्तकपर मेरा चरण-चिह्न देखकर तुम्हें स्पर्श भी नहीं करेंगे ॥ ४२ ॥ इसके बाद सर्पपुङ्गव कालियाने भगवान कृष्णके चरणोंमें मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और सब गोपोंके समक्ष उस दहसे गायब हो गया ॥ ४३ ॥ इस प्रकार कालिया नागका दमन करके श्रीकृष्ण कालीदहके तटपर आकर खड़े हो गये और सभी गोप एकत्र होकर उनकी स्तुति करते हुए प्रदक्षिणा करने लगे ॥ ४४ ॥ उन परम प्रसन्न ग्वालोंने नन्दसे कहा—गोपराज! जब तुम्हारा पुत्र ऐसा है तो तुम धन्य हो—कृतार्थ हो ॥ ४५ ॥ आजसे गोपों, गौओं, गोशालाओं और हम सबपर जो भी संकट आयेगा, विशाललोचन कृष्ण उससे हमारी रक्षा करेंगे ॥ ४६ ॥ अब मुनिजनसेवित यमुनाका जल शुद्ध हो गया। अतएव हमारी गायें बड़े आनन्दके साथ इसके तटपर विचर

॥ ४१ ॥ मत्पदानि च ते सर्प दृष्ट्वा मूर्धसु सागरे ॥ गरुडः पन्नगरिपुस्त्वयि न प्रहरिष्यति ॥ ४२ ॥ गृह्य मूर्ध्ना तु चरणौ कृष्णस्योरगपुङ्गवः ॥
पश्यतामेव गोपानां जगामादर्शनं ह्रदात् ॥ ४३ ॥ निर्जिते तु गते सर्पे कृष्णमुत्तीर्य धिष्ठितम् ॥ विस्मितास्तुष्टुवुर्गोपाश्चक्रुश्चैव प्रदक्षिणम् ॥ ४४ ॥
ऊचुः सर्वे च संप्रीता नन्दगोपं वनेचराः ॥ धन्योऽस्यनुगृहीतोऽसि यस्य ते पुत्र ईदृशः ॥ ४५ ॥ अद्यप्रभृति गोपानां गवां गोष्ठस्य चानघ ॥
आपत्सु शरणं कृष्णः प्रभुश्चायतलोचनः ॥४६॥ जाता शिवजला सर्वा यमुना मुनिसेविता ॥ तीरे चास्याः सुखं गावो विंचरिष्यन्ति नः सदा
॥४७॥ व्यक्तमेव वने जाता वयं यत्कृष्णमीदृशम् ॥ महद्भूतं न जानीमश्छन्नमग्निमिव व्रजे ॥ ४८ ॥ एवं वै विस्मिताः सर्वे स्तुवन्ति कृष्ण-
मव्ययम् ॥ जग्मुर्गोपगणा घोषं देवाश्चैत्ररथं यथा ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ दमिते सर्पराजे तु कृष्णे तु यमुनाह्रदे ॥ तमेव चेरतुर्देशं सहितौ रामकेशवौ ॥१॥ आजग्मतुस्तौ सहितौ गोधनैः सह
गामिनौ ॥ गिरिं गोवर्द्धनं रम्यं वसुदेवसुतावुभौ ॥ २ ॥ गोवर्द्धनस्योत्तरतो यमुनातीरमाश्रितम् ॥ ददृशाते च तौ वीरौ रम्यं तालवनं महत्
॥ ३ ॥ तौ तालपर्णप्रतते रम्ये तालवने रतौ ॥ चेरतुः परमप्रीतौ वृषपोताविवोद्धतौ ॥ ४ ॥ स तु देशः सदा स्निग्धो लोष्ठपाषाणवर्जितः ॥

सकेंगी ॥ ४७ ॥ हम लोग निरे ग्वाले ही हैं। तभी तो इतने दिनों राखसे ढकी आगके समान अद्भुत शक्तिसम्पन्न कृष्णको नहीं पहचान सके ॥ ४८ ॥ तदनन्तर वे गोप बहुत विस्मित होकर भगवानकी स्तुति करते हुए उसी प्रकार व्रजको लौटे, जैसे देवता चैत्ररथ वनको जाते हैं ॥४९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां त्रयोदशोऽध्यायः ॥१३॥

(संकर्षणभगवानके द्वारा धेनुकवधकी कथा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार यमुनाह्रदमें कालियनागका दमन हो जानेपर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों वहाँ सानन्द विचरण करने लगे ॥१॥ एक दिन वे गौवें चराते-चराते परम रमणीक गोवर्धन पर्वतपर जा पहुँचे ॥२॥ गोवर्धनके उत्तर यमुनातटपर उन्होंने एक बड़ा सुन्दर तालवन देखा ॥३॥ उद्धत बछड़ोंके समान सुन्दर वे दोनों भ्राता तालपत्रोंसे ढँके उस तालवनमें घूमने लगे ॥ ४ ॥ वह स्थान समतल, साफ-सुथरा और कुशाओंसे परिपूर्ण था। वहाँकी मिट्टी काली थी और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कंकड़-पत्थरका सर्वथा अभाव था ॥ ५ ॥ काली-काली गाँठोंवाले और बहुत ऊँचे वे तालवृक्ष हाथियोंकी सूँड़के समान लम्बे और तालफलोंसे लदे थे ॥ ६ ॥ बातें करनेमें निपुण कृष्णने बलरामसे कहा—आर्य ! इन पके तालफलोंसे यहाँकी सारी वनस्थली सुवासित हो उठी है ॥ ७ ॥ जब इनकी सुगन्धिसे घ्राणेन्द्रिय तृप्त हो गयी है तो ये फल भी अमृततुल्य सुस्वादु होंगे। सो आओ, हम दोनों इन स्वादिष्ट, सुगन्धित, मनोहर तथा काले-काले पके फलोंको गिरायें ॥ ८ ॥ ९ ॥ श्रीकृष्णके वचन सुनकर मुसकाते हुए बलरामने उन वृक्षोंको झकझोरकर बहुतेरे पके तालफल गिरा लिये ॥ १० ॥ उस तालवनमें किसीका टिकना तो दूरकी बात है, मनुष्यका वहाँ जाना भी असम्भव था। वह केवल राक्षसोंके रहने योग्य विस्तृत मरुभूमि थी ॥ ११ ॥ गर्दभरूपधारी भयानक दैत्य धेनुक गधोंके झुण्डके साथ उस वनमें रहता और उसकी रखवाली करता था। उस दुर्बुद्धिने उस प्रदेशके मनुष्यों तथा पशु-पक्षियोंको

दर्भप्रायस्थलीभूतः सुमहान्कृष्णमृत्तिकः ॥५॥ तालैस्तैर्विपुलस्कन्धैरुच्छ्रितैः श्यामपर्वभिः ॥ फलाग्रशाखाभिर्भाति नागहस्तैरिवोच्छ्रितैः ॥६॥ तत्र
दामोदरो वाक्यमुवाच वदतां वरः ॥ अहो तालफलैः पक्वैर्वासितेयं वनस्थली ॥ ७ ॥ स्वादून्यार्य सुगन्धीनि श्यामानि रसवन्ति च ॥ पक्वतालानि
सहितौ पातयावो लघुक्रमौ ॥८॥ यद्येषामीदृशो गन्धो माधुर्यघ्राणतर्पणः ॥ रसेनामृतकल्पेन भवितव्यं च मे मतिः ॥९॥ दामोदरवचः श्रुत्वा रौहिणेयो
हसन्निव ॥ पातयन्पक्वतालानि चालयामास तांस्तरून् ॥ १० ॥ तत्तु तालवनं नृणामसेव्यं दुरतिक्रमम् ॥ निर्माणभूतमिरिणं पुरुषादालयोपमम्
॥ ११ ॥ दारुणो धेनुको नाम दैत्यो गर्दभरूपवान् ॥ खरयूथेन महता वृतः समनुसेवते ॥१२॥ स तु तालवनं घोरं गर्दभः परिरक्षति ॥ नृपक्षि-
श्वापदगणांस्त्रासयानः सुदुर्मतिः ॥ १३ ॥ तालशब्दं स तं श्रुत्वा संघुष्टं फलपातनात् ॥ नामर्षयत्स संक्रुद्धस्तालस्वनमिव द्विपः ॥ १४ ॥ शब्दा-
नुसारी संक्रुद्धो दर्पाविद्धसटाननः ॥ स्तब्धाक्षो हेषितपटुः खुरैर्निर्दारयन्महीम् ॥ १५ ॥ आविद्धपुच्छो हृषितो व्यात्तानन इवान्तकः ॥ आपतन्नेव
ददृशे रौहिणेयमुपस्थितम् ॥१६॥ तालानां तमधो दृष्ट्वा स ध्वजाकारमव्ययम् ॥ रौहिणेयं खरो दुष्टः सोऽदशद्दशनायुधः ॥१७॥ पद्भ्यामुभाभ्यां
च पुनः पश्चिमाभ्यां पराङ्मुखः ॥ जघानोरसि दैत्येन्द्रो रौहिणेयं निरायुधम् ॥ १८ ॥ ताभ्यामेव स जग्राह पद्भ्यां तं दैत्यगर्दभम् ॥ आवर्जित-

त्रस्त कर दिया था ॥ १२ ॥ १३ ॥ जैसे तालीका शब्द सुनकर कोई हाथी बिगड़ जाय, वैसे ही बलरामजीके द्वारा गिराये हुए तालफलोंके गिरनेका शब्द सुनकर धेनुकासुर मारे क्रोधके तलमला उठा ॥ १४ ॥ और जिधरसे वह शब्द सुनायी पड़ा था, उधर ही बड़े वेगसे दौड़ा। उस समय दर्पवश उसके बाल खड़े हो गये थे। उसके दोनों नेत्र स्तब्ध थे। वह अपने खुरोंसे पृथिवीको विदीर्ण करता हुआ बार-बार चिल्ला रहा था ॥ १५ ॥ पूँछ उठाये हुए वह यमराजके समान अपना विकराल मुख फैलाकर भागता हुआ उस स्थानपर जा पहुँचा, जहाँ ध्वजाके समान समुन्नतशरीर बलरामजी एक तालवृक्षके नीचे खड़े थे। उस गर्दभरूपधारी धेनुकने वहाँ पहुँचते ही अपने दाँतोंसे बलरामको काटना आरम्भ कर दिया ॥१६॥१७॥ तनिक देर बाद मुँह फेरकर अपने पीछे खड़े बलरामपर दुलत्ती चलानेके लिए ज्यों ही उसने पैर उठाये, त्यों ही संकर्षणभगवानने उसके दोनों पैर पकड़कर कई चक्कर घुमाया और एक ताल-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वृक्षके ऊपर फेंक दिया ॥१८॥१९॥ उस आघातसे उसके घुटने, कमर, गर्दन तथा पीठ आदि अंग चूर-चूर हो गये । उसका चेहरा बिगड़ गया और बहुतेरे तालफलोंके साथ-साथ वह असुर धरतीपर आ गिरा ॥२०॥ उस निष्प्रभ तथा मृत गर्दभको तालवृक्षसे नीचे गिरा देखकर बलरामजीने उसके साथियोंकी भी वही गति की ॥२१॥ मृत गर्दभोंके शवों तथा गिरे हुए पके तालफलोंसे वह भूमि मेघयुक्त शरदृतुके आकाश जैसी दीखने लगी ॥ २२ ॥ इस प्रकार अनुचरोंके साथ गर्दभरूपधारी धेनुकासुरके समाप्त हो जानेपर वह रमणीक तालवन और भी रमणीक हो उठा ॥ २३ ॥ अब वहाँ भयका नाम भी नहीं रह गया था । वह प्रदेश निरुपद्रव और निर्मल हो गया । वहाँ गौवें बड़े आनन्दके साथ चरने लगीं ॥२४॥ साथी ग्वाल-बालोंकी खुशीका तो ठिकाना नहीं था । क्योंकि अब वे उस वनमें चारों ओर निर्भीकभावसे घूम-फिर सकते थे ॥२५॥ कुछ देर बाद जब गौवें चरती हुई इधर-उधर विचरने लगीं, तब

मुखस्कन्धं प्रेरयंस्तालमूर्धनि ॥ १९ ॥ संभग्नोरुकटिग्रीवो भग्नपृष्ठो दुराकृतिः ॥ खरस्तालफलैः सार्द्धं पपात धरणीतले ॥ २० ॥ तं गतासुं गतश्रीकं पतितं वीक्ष्य गर्दभम् ॥ ज्ञातींस्तथापरांस्तस्य तृणराजनि सोऽक्षिपत् ॥ २१ ॥ सा भूर्गर्दभदेहैश्च तालैः पक्वैश्च पातितैः ॥ बभासे छन्नजलदा द्यौरिवाव्यक्तशारदी ॥ २२ ॥ तस्मिन् गर्दभदैत्ये तु सानुगे विनिपातिते ॥ रम्यं तालवनं तद्धि भूयो रम्यतरं बभौ ॥ २३ ॥ विप्रमुक्तभयं शुभ्रं विविक्ताकारदर्शनम् ॥ चरन्ति स्म सुखं गावस्तत्तालवनमुत्तमम् ॥ २४ ॥ ततः प्रविष्टास्ते सर्वे गोपा वनविचारिणः ॥ वीतशोका वनं सर्वे चश्चूर्यन्ते समन्ततः ॥ २५ ॥ यतः सुखं प्रकीर्णासु गोषु नागेन्द्रविक्रमौ ॥ द्रुमपर्णासनं कृत्वा तौ यथार्हं निषीदतुः ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि धेनुकवधो नाम चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ तौ जातहर्षौ तु वसुदेवसुतावुभौ ॥ तत्तालवनमुत्सृज्य भूयो भाण्डीरमागतौ ॥ १ ॥ चारयन्तौ विवृद्धानि गोधनानि शुभानि च ॥ स्फीतसस्यप्ररूढानि वीक्षमाणौ वनानि च ॥ २ ॥ क्ष्वेडयन्तौ प्रगायन्तौ प्रचिन्वन्तौ च पादपान् ॥ नामभिर्व्याहरन्तौ च सवत्सा गाः परंतपौ ॥ ३ ॥ नियोगपाशैरासक्तैः स्कन्धाभ्यां शुभलक्षणौ ॥ वनमालाऽऽकुलोरस्कौ बालशृङ्गाविवर्षभौ ॥ ४ ॥ सुवर्णाञ्जनचूर्णाभावन्योन्यसदृशाम्बरौ ॥ महेन्द्रायुधसंयुक्तौ शुक्लकृष्णाविवाम्बुदौ ॥ ५ ॥ कुशाग्रकुसुमानां च कर्णपूरौ मनोरमौ ॥ वनमार्गेषु कुर्वाणौ वन्यवेष-

दोनों भाई पत्तोंका बिछौना बिछाकर आनन्दके साथ वहाँ बैठे ॥२६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

(भगवानके हाथों प्रलम्बासुरका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों बड़े हर्षके साथ उस तालवनसे पुनः भाण्डीरवनमें जा पहुँचे ॥ १ ॥ वहाँ गायें चरने लगीं । उधर वे दोनों भ्राता हरित सस्यसम्पन्न वनोंकी शोभा निरखते हुए कभी हाथ झटकते, कभी गीत गाते, कभी फूल चुनते और कभी गौओं तथा बछड़ोंका नाम ले-लेकर बुलाते थे ॥ २ ॥ ३ ॥ शुभलक्षणसम्पन्न उन दोनों भाइयोंका वक्षःस्थल वनमालाओंसे विभूषित था । उनके कन्धोंपर छींका रखा हुआ था । अतएव वे नयी सींगवाले वृषभ (साँड़) जैसे दीख रहे थे ॥ ४ ॥ उनमेंसे एकका परिधानवस्त्र सुनहला (पीला) तथा दूसरेका काला था । वे दोनों रंगके वस्त्र उन दोनों भाइयोंके शरीरपर बड़े सुन्दर लग रहे थे ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्योंकि वे उनके अनुरूप थे। उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों इन्द्रधनुषयुक्त शुक्ल तथा कृष्णवर्णके दो मेघ दीप्यमान हो रहे हैं ॥ ५ ॥ उन दोनों भ्राताओंने कुशपुष्पके कर्णभूषण बनाकर पहन रखे थे। ऐसा करके उन्होंने अपना वनवासियों जैसा वेश बना लिया था ॥ ६ ॥ अन्यान्य गोपबालकोंको साथ लेकर वे गोवर्द्धन पर्वतके निकट बाललीलायें करते हुए समय बिताने लगे ॥ ७ ॥ कितने आश्चर्यकी बात है कि देवता जिनकी पूजा करते थे, वे श्रीकृष्ण और बलराम उस गोपजातिके अनुरूप मानवी लीलामें संलग्न थे ॥ ८ ॥ इस प्रकार क्रीड़ा करते-करते वे दोनों यथासमय भाण्डीर वटवृक्षके तले एकत्र हुए ॥ ९ ॥ वहाँपर युद्धनिपुण दोनों भाई स्पन्दोलिका (धनवास) द्वारा पत्थर फेंकते अथवा अन्यान्य गोपबालकोंके साथ बाहुयुद्ध आदि करते हुए व्यायाम करने लगे ॥ १० ॥ हे महाराज जनमेजय ! इस प्रकार व्रजके ग्वालोंको भाँति-भाँतिके युद्धकौशल दिखाते हुए वे सिंहसदृश पराक्रमी

धरावुभौ ॥ ६ ॥ गोवर्द्धनस्यानुचरौ वने सानुचरौ तु तौ ॥ चेरतुर्लोकसिद्धाभिः क्रीडाभिरपराजितौ ॥ ७ ॥ तावेवं मानुषीं दीक्षां वहन्तौ सुरपूजितौ ॥ तज्जातिगुणयुक्ताभिः क्रीडाभिश्चेरतुर्वनम् ॥ ८ ॥ तौ तु भाण्डीरमुचिते काले क्रीडाऽनुवर्तिनौ ॥ प्राप्तौ परमशाखाढ्यं न्यग्रोधं शाखिनां वरम् ॥ ९ ॥ तत्र स्पन्दोलिकाभिश्च युद्धमार्गविशारदौ ॥ अश्मभिः क्षेपणीयैश्च तौ व्यायाममकुर्वताम् ॥ १० ॥ युद्धमार्गैश्च विविधैर्गोपालैः सहितावुभौ ॥ मुदितौ सिंहविक्रान्तौ यथाकामं विचेरतुः ॥ ११ ॥ तयो रमयतोरेवं तल्लिप्सुरसुरोत्तमः ॥ प्रलम्बो ह्यागमत्तत्र छिद्रान्वेषी तयोस्तदा ॥ १२ ॥ गोपालवेषमास्थाय वन्यपुष्पविभूषितः ॥ लोभयानः स तौ वीरौ हास्यैः क्रीडनकैस्तथा ॥१३॥ सोऽवगाहत निःशंकस्तेषां मध्यममानुषः ॥ मानुषं वपुरास्थाय प्रलम्बो दानवोत्तमः ॥ १४ ॥ प्रक्रीडिताश्च ते सर्वे सह तेनामरारिणा ॥ गोपालवपुषं गोपा मन्यमानाः स्वबान्धवम् ॥ १५ ॥ स तु छिद्रान्तरप्रेप्सुः प्रलम्बो गोपतां गतः ॥ दृष्टिं प्रणिदधे कृष्णे रौहिणेये च दारुणाम् ॥ १६ ॥ अविषह्यं ततो मत्वा कृष्णमद्भुतविक्रमम् ॥ रौहिणेयवधे यत्नमकरोद्दानवोत्तमः ॥ १७ ॥ हरिणाक्रीडितं नाम बालक्रीडनकं ततः ॥ प्रक्रीडितास्तु ते सर्वे द्वौ द्वौ युगपदुत्पतन् ॥ १८॥ कृष्णः श्रीदामसहितः पुप्लुवे गोपसूनुना ॥ संकर्षणस्तु प्लुतवान्प्रलम्बेन सहानघ॥ १९॥ गोपालास्त्वपरे द्वन्द्वं गोपालैरपरैः सह ॥

दोनों भाई बड़ी प्रसन्नताके साथ इच्छानुसार विचर रहे थे ॥ ११ ॥ उसी समय छिद्रान्वेषी दैत्यवर प्रलम्ब वनपुष्पविभूषित गोपका वेश धारण करके उन दोनोंके समीप गया और विविध प्रकारके हास-परिहास तथा तरह-तरहके क्रीड़ा-कौतुक दिखाकर उन्हें लुभाने लगा॥१२॥१३॥ कुछ ही देरमें दानवोत्तम प्रलम्ब मनुष्यका रूप धारण करके निःशंकभावसे उन ग्वालोंमें मिल गया ॥१४॥ क्योंकि उस दैत्यके साथ खेलनेवाले ग्वालोंने गोपवेशधारी प्रलम्बको भी अपना बान्धव गोप ही समझ लिया था ॥ १५ ॥ उधर वह दैत्य अवसरकी प्रतीक्षा करता हुआ श्रीकृष्ण और बलरामपर दृष्टि गड़ाये हुए था ॥ १६ ॥ किन्तु श्रीकृष्णको अत्यधिक पराक्रमी समझकर वह राक्षस बलरामका ही वध करनेका उपाय करने लगा ॥ १७ ॥ तदनन्तर द्रुतगतिसे दौड़में कौन किसे परास्त कर सकता है, इस जिज्ञासासे दो-दो गोपबालक एक साथ खड़े हुए ॥१८॥ उसके बाद श्रीकृष्ण श्रीदामाके, बलराम प्रलम्बके और अन्य गोपबालक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्यान्य बालकोंके साथ मिल गये और वे सब एक दूसरेसे आगे बढ़नेकी चेष्टा करते हुए बड़े वेगसे दौड़ने लगे ॥१९॥२०॥ इस खेलमें कृष्णने श्रीदामाको, बलरामने प्रलम्बको तथा कृष्ण-पक्षके अन्य बालकोंने अन्यान्य ग्वालबालकोंको परास्त किया ॥२१॥ इसके पश्चात् प्रसन्नतापूर्वक एक बालक दूसरे बालकको पीठपर लादकर चलनेके खेलसे वे सब शीघ्र भाण्डीर वटवृक्षके नीचे लौट आये ॥ २२ ॥ किन्तु प्रलम्ब नहीं लौटा। वह दानव चटपट बलरामको अपने कन्धेपर बिठाकर चन्द्राधिष्ठित मेघके समान विपरीत दिशाकी ओर भागा ॥२३॥ कुछ दूर आगे बढ़नेपर बुद्धिमान् संकर्षणभगवानका भार सहनेमें असमर्थ होकर प्रलम्ब इन्द्राधिष्ठित मेघके समान अपना शरीर बढ़ाने लगा ॥२४॥ क्रमशः उसका शरीर भाण्डीरवट तथा नीलगिरि पर्वतके समान विशाल हो गया ॥२५॥ अब उसके मस्तकपर सूर्यके समान तेजस्वी पञ्चस्तबक मुकुट, अतिशय बड़ा मुख, खूब लम्बी-चौड़ी गर्दन और बैलगाड़ीके पहिए जैसी विशाल तथा गोल-

प्रद्रुता लंघयन्तो वै तेऽन्योन्यं लघुविक्रमाः ॥२०॥ श्रीदाममजयत्कृष्णः प्रलम्बं रोहिणीसुतः ॥ गोपालैः कृष्णपक्षीयैर्गोपालास्त्वपरे जिताः ॥२१॥ ते वाहयन्तस्त्वन्योन्यं संहर्षात्सहसा द्रुताः ॥ भाण्डीरस्कन्धमुद्दिश्य मर्यादां पुनरागमन् ॥ २२ ॥ संकर्षणं तु स्कन्धेन शीघ्रमुत्क्षिप्य दानवः ॥ द्रुतं जगाम विमुखः सचन्द्र इव तोयदः ॥ २३ ॥ स भारमसहंस्तस्य रौहिणेयस्य धीमतः ॥ ववृधे सुमहाकायः शक्राक्रान्त इवाम्बुदः ॥ २४ ॥ स भाण्डीरवटप्रख्यं दग्धाञ्जनगिरिप्रभम् ॥ स्वं वपुर्दर्शयामास प्रलम्बो दानवोत्तमः ॥ २५ ॥ पञ्चस्तबकयुक्तेन मुकुटेनार्कवर्चसा ॥ दीप्यमानाननो दैत्यः सूर्याक्रान्त इवाम्बुदः ॥ २६ ॥ महाननो महाग्रीवः सुमहानन्तकोपमः ॥ रौद्रः शकटचक्राक्षो नमयंश्चरणैर्महीम् ॥ २७ ॥ स्रग्दामलम्बाभरणः प्रलम्बाम्बरभूषणः ॥ वीरः प्रलम्बः प्रययौ लम्बतोय इवाम्बुदः ॥ २८ ॥ स जहाराथ वेगेन रौहिणेयं महासुरः ॥ सागरोपप्लवगतं कृत्स्नं लोकमिवान्तकः ॥ २९ ॥ ह्रियमाणः प्रलम्बेन स तु संकर्षणो बभौ ॥ उह्यमान इवाकाशे कालमेघेन चन्द्रमाः ॥ ३० ॥ स संदिग्धमिवात्मानं मेने संकर्षणस्तदा ॥ दैत्यस्कन्धगतः श्रीमान्कृष्णं चेदमुवाच ह ॥ ३१ ॥ ह्रियेऽहं कृष्ण दैत्येन पर्वतोदग्रवर्ष्मणा ॥ प्रदर्शयित्वा महतीं मायां मानुषरूपिणीम् ॥३२॥ कथमस्य मया कार्यं शासनं दुष्टचेतसः ॥ प्रलम्बस्य प्रवृद्धस्य दर्पाद्द्विगुणवर्चसः ॥३३॥ तमाह सस्मितं कृष्णः साम्ना हर्षाकुलेन च ॥

गोल दोनों आँखें हो गयीं। इन सबसे वह मूर्तिमान् यमराज जैसा भीषण दीख रहा था। चलते समय उसके पदप्रक्षेपसे पृथिवी जैसे धँसी जा रही थी ॥ २६ ॥ २७ ॥ उसके वस्त्राभूषण मालाओंके भारसे दब गये थे। इस प्रकार वीर प्रलम्बासुर जलभारसे दबे हुए मेघसे समान दीख रहा था ॥ २८ ॥ प्रलयकालमें वेगसे प्लावित समुद्र जैसे संसारका संहार करता है, उसी प्रकार वह दैत्य प्रलम्ब रोहिणीनन्दन बलरामको उठाकर जलभरे मेघके समान मन्द-मन्द गतिसे चला। उस समय ऐसा लगा कि मानो कोई श्याम मेघ चन्द्रमाको चुराकर भागा जा रहा हो ॥ २९ ॥ ३० ॥ इस प्रकार कन्धेपर बिठाकर उस दैत्यके द्वारा अपहृत होते समय संकर्षणभगवानको कुछ सन्देह हुआ तो उन्होंने श्रीकृष्णसे कहा—॥ ३१ ॥ हे कृष्ण! यह पर्वताकार दैत्य मनुष्यरूप धारण करके मुझे उठाये लिए जा रहा है ॥ ३२ ॥ अब मैं इस दुष्टको कैसा दण्ड दूँ। दर्पके कारण इस समय इसका शरीर दुगुना लम्बा-चौड़ा हो गया है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ३३ ॥ भगवान कृष्ण बलरामजीके पराक्रम तथा स्वभावको भली-भाँति जानते थे। अतएव मन्द-मन्द मुसकाते हुए संकर्षणसे उन्होंने मधुर वाणीमें कहा—आर्य ! इस समय आप यथार्थरूपमें मानव-स्वभावका प्रदर्शन कर रहे हैं। वास्तवमें तो आप जगन्मय देवता तथा सूक्ष्मसे भी सूक्ष्मतर ईश्वर हैं ॥३४॥३५॥ प्रलयकालमें जब आप समुद्रके जलमें शयन करते हैं, आप अपने उस नारायणरूपका एक बार स्मरण करिए ॥ ३६ ॥ सभी पुरातन देवता, ब्रह्मा तथा जल आदि सब वस्तुयें आपका रूपान्तरमात्र हैं, इस बातको भी ध्यानमें लाइये ॥३७॥ एक समय ऐसा था कि जब आकाश आपका मस्तक, जल मूर्ति, पृथिवी क्षमा, अग्नि मुख, वायु निःश्वास-प्रश्वास और मन ब्रह्माके रूपमें परिणत हुआ था ॥३८॥ आप सहस्रास्य, सहस्राङ्ग, सहस्रचरण, सहस्राक्ष, सहस्रपद्मनाभ एवं सहस्रांशुधर हैं ॥ ३९ ॥ आपने संसारमें जो कुछ प्रदर्शित कर दिया है, देवता भी उतना ही देख सकते हैं। जिन वस्तुओंका निर्देश आपने नहीं किया है, उनका अन्वेषण भला कौन कर पायेगा ? ॥४०॥ इस जगतीतलमें जानने योग्य सभी वस्तुओंका निर्देश आपने कर दिया है। आप अकेले जो जानते हैं, उसे सब देवता भी नहीं

अभिज्ञो रौहिणेयस्य वृत्तस्य च बलस्य च ॥ ३४ ॥ अहोऽयं मानुषो भावो व्यक्तमेवानुपाल्यते ॥ यस्त्वं जगन्मयं देवं गुह्याद्गुह्यतरं प्रतः ॥३५॥
स्मर नारायणात्मानं लोकानां त्वं विपर्यये ॥ अवगच्छात्मनाऽऽत्मानं समुद्राणां समागमे ॥३६॥ पुरातनानां देवानां ब्रह्मणः सलिलस्य च ॥ आत्म-
वृत्तप्रभावाणां संस्मरस्व च वै पुनः ॥ ३७ ॥ शिरः खं ते जलं मूर्तिः क्षमा भूर्दहनो मुखम् ॥ वायुर्लोकायुरुच्छ्वासो मनःस्रष्टा ह्यभूत्तव ॥ ३८ ॥
सहस्रास्यः सहस्राङ्गः सहस्रचरणेक्षणः ॥ सहस्रपद्मनाभस्त्वं सहस्रांशुधरोऽरिहा ॥ ३९ ॥ यत्त्वया दर्शितं लोके तत्पश्यन्ति दिवौकसः ॥ यत्त्वया
नोक्तपूर्वं हि कस्तदन्वेष्टुमर्हति ॥ ४० ॥ यद्वेदितव्यं लोकेऽस्मिंस्तत्त्वया समुदाहृतम् ॥ विदितं यत्तवैकस्य देवा अपि न तद्विदुः ॥ ४१ ॥ आत्मजं
ते वपुर्व्योम्नि न पश्यन्त्यात्मसंभवम् ॥ यत्तु ते कृत्रिमं रूपं तदर्चन्ति दिवौकसः ॥ ४२ ॥ देवैर्न दृष्टश्चान्तस्ते तेनानन्त इति स्मृतः ॥ त्वं हि
सूक्ष्मो महानेकः सूक्ष्मैरपि दुरासदः ॥४३॥ त्वय्येव जगतः स्तम्भे शाश्वती जगती स्थिता ॥ अचला प्राणिनां योनिर्धारयत्यखिलं जगत् ॥४४॥
चतुःसागरयोनिस्त्वं चातुर्वर्ण्यविभागवित् ॥ चतुर्युगेषु लोकानां चातुर्होत्रफलाशनः ॥ ४५ ॥ यथाऽहमपि लोकानां तथा त्वं तच्च मे मतम् ॥
उभावेकशरीरौ स्वो जगदर्थे द्विधा कृतौ ॥४६॥ लोकानां शाश्वतो देवस्त्वं हि शेषः सनातनः ॥ आवयोर्देहमात्रेण द्विधेदं धार्यते जगत् ॥४७॥

जानते ॥ ४१ ॥ आप स्वयम्भू हैं। देवता भी आपके स्वयम्भू आकृतिको नहीं देख पाते। वे आपके केवल कृत्रिम स्वरूपकी ही उपासना करते हैं ॥ ४२ ॥ समस्त देवता भी आपका अन्त नहीं देख सके थे। इसी कारण आप 'अनन्त' कहलाते हैं। आप सूक्ष्म, स्थूल एवं अद्वितीय हैं। यहाँ तक कि जो लोग सूक्ष्मके नामसे विख्यात हैं, वे भी आपका अन्त नहीं पाते ॥ ४३ ॥ आप संसारके स्तम्भस्वरूप हैं। यह शाश्वत जगत् आपमें ही स्थित है। आप अनन्तजीवसम्पन्न अखिल ब्रह्माण्डको धारण करते हैं ॥ ४४ ॥ चारों असीम समुद्र आपके शरीरके विस्तार हैं और चारों वर्णोंके विभागका इतिहास भी आपको ज्ञात है। आप ही चारों युगोंके रचयिता हैं और आप ही सब लोगोंके चातुर्होत्र यज्ञके फलभोक्ता हैं ॥४५॥ संसारी लोगोंके समक्ष जो मैं हूँ, वही आप हैं। हम दोनोंमें किसी प्रकारकी विभिन्नता नहीं है। हम दोनोंने केवल जगत्का कल्याण करनेके लिए दो देह धारण किया है ॥ ४६ ॥ आप सब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लोकोंके शाश्वत देवता सनातन शेष भगवान हैं। हम दोनों एक ही शरीरके दो भाग करके समस्त संसारको धारण किये हुए हैं ॥ ४७ ॥ जो आप हैं, वही मैं हूँ और जो मैं हूँ, वही आप हैं। वस्तुतः एक ही शरीरसे हम दोनों बलवान् अलग-अलग विभक्त हो गये हैं ॥४८॥ ऐसी दशामें आप चकरा क्यों रहे हैं? आप अपने वज्रतुल्य मुकेके प्रहारसे इसका मस्तक चूर्ण कर दीजिए ॥ ४९ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! महात्मा कृष्णके इस प्रकार स्मरण दिलानेपर रोहिणीनन्दन बलरामके शरीरमें त्रिलोकव्यापी अतुलित बल भर गया ॥ ५० ॥ तदनन्तर विशालबाहु बलरामने उस दुराचारी प्रलम्ब दैत्यके मस्तकपर अपने वज्रसदृश कठोर मुकेका प्रहार किया ॥५१॥ उनके उस प्रहारसे प्रलम्बका मस्तक उसके शरीरमें घुस गया और उनके चरणप्रहारसे वह मरकर लोट गया ॥ ५२ ॥ पृथिवीपर पड़ा हुआ उस दैत्यका शरीर आकाशमें स्थित मेघके समान दीख रहा था ॥ ५३ ॥ उस सिरकटे दैत्यके शरीरसे रुधिरकी

अहं यः स भवानेव यस्त्वं सोऽहं सनातनः ॥ द्वावेव विहितौ ह्यावामेकदेहौ महाबलौ ॥ ४८ ॥ तदास्से मूढवत्त्वं किं प्राणेन जहि दानवम् ॥ मूर्ध्नि देवरिपुं देव वज्रकल्पेन मुष्टिना ॥ ४९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ संस्मारितस्तु कृष्णेन रौहिणेयः पुरातनम् ॥ बलेनापूर्यत तदा त्रैलोक्यान्तरचारिणा ॥ ५० ॥ ततः प्रलम्बं दुर्वृत्तं बुबुधे स महाभुजः ॥ मुष्टिना वज्रकल्पेन मूर्ध्नि चैनं समाहनत् ॥ ५१ ॥ तस्योत्तमाङ्गं स्वे काये विकपालं विवेश ह ॥ जानुभ्यां चाहतः शेते गतासुर्दानवोत्तमः ॥ ५२ ॥ जगत्यां विप्रकीर्णस्य तस्य रूपमभूत्तदा ॥ प्रलम्बस्याम्बरस्थस्य मेघस्येव विदीर्यतः ॥ ५३ ॥ तस्य भग्नोत्तमाङ्गस्य देहात्सुस्राव शोणितम् ॥ बहुगैरिकसंयुक्तं शैलशृङ्गादिवोदकम् ॥ ५४ ॥ संनिहत्य प्रलम्बं तु संहृत्य बलमात्मनः ॥ पर्यष्वजत वै कृष्णं रौहिणेयः प्रतापवान् ॥ ५५ ॥ तं तु कृष्णश्च गोपाश्च दिविस्थाश्च दिवौकसः ॥ तुष्टुवुर्निहते दैत्ये जयाशीर्भिर्महाबलम् ॥ ५६ ॥ बलेनायं हतो दैत्यो बालेनाक्लिष्टकर्मणा ॥ विवदन्त्यशरीरिण्यो वाचः सुरसमीरिताः ॥ ५७ ॥ बलदेवेति नामास्य देवैरुक्तं दिवि स्थितैः ॥ बलं तु बलदेवस्य तदा भुवि जना विदुः ॥ ५८ ॥ प्रलम्बे निहते दैत्ये देवैरपि दुरासदे ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां प्रलम्बवधो नाम पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

धारा बहने लगी। उस समय ऐसा जान पड़ा कि मानों पर्वतपरसे गेरू मिली हुई जलधारा बह रही है ॥५४॥ इस प्रकार प्रलम्बका वध करनेके बाद अपना बल संवरण करके परम प्रतापी संकर्षणभगवान श्रीकृष्णके समीप आये और उन्हें आलिंगन किया ॥ ५५ ॥ उस समय श्रीकृष्ण, सभी गोप और स्वर्गवासी देवता उन महाबली बलरामकी जयजयकार करते तथा विविध भाँतिके आशीर्वाद देते हुए उनकी स्तुति करने लगे ॥ ५६ ॥ "असाधारण कर्म करनेवाले बालक बलरामने इस दैत्यका वध किया है।" अशरीरी देवताओंकी ऐसी-ऐसी अनेक बातें सुनायी दे रही थीं ॥ ५७ ॥ बलरामने अपने बलसे देवताओं द्वारा भी अवध्य उस दैत्यका वध किया था। इसलिए देवताओंने उनका 'बलदेव' नाम रखा। तभीसे संसारके लोग बलदेवजीका बल समझ सके ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(गोपोंकी बातें) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस प्रकार कृष्ण और बलदेव दोनोंके वनमें विचरण करते-करते वर्षाके दो मास बीत गये ॥ १ ॥ उसके बाद वे व्रजमें आये । यहाँ उन्होंने सुना कि व्रजमें इन्द्रपूजन-महोत्सव होनेवाला है और देखा कि सभी ग्वाले उस उत्सवके लिए बहुत लालायित हैं ॥ २ ॥ उन्हें इस प्रकार उत्सुक देखकर श्रीकृष्णने कुतूहलपूर्वक उनसे पूछा—तुम लोग जिस इन्द्रपूजन महोत्सवके लिए इतने उन्मत्त हो रहे हो, उसका इतिहास क्या है ? ॥ ३ ॥ श्रीकृष्णका प्रश्न सुनकर उनमेंसे एक वृद्ध गोपने कहा—हे तात ! जिस कारण इन्द्रध्वजकी पूजा की जाती है, उसका निर्देश कर रहा हूँ, सुनो ॥ ४ ॥ हे अरिसूदन ! इन्द्र सभी देवताओं तथा मेघोंके स्वामी हैं । यह उत्सव उन इन्द्रकी पूजाके लिए ही है ॥५॥ मेघ उनकी प्रेरणा पा तथा उसके अस्त्रोंसे विभूषित होकर नवीन जल बरसाते और अन्नका संवर्धन करते हैं ॥६॥ क्योंकि मेघ इन्द्रके आज्ञाकारी सेवक हैं । इन्द्रके द्वारा

वैशम्पायन उवाच ॥ तयोः प्रवृत्तयोरेवं कृष्णस्य च बलस्य च ॥ वने विचरतोर्मासौ व्यतियातौ स्म वार्षिकौ ॥ १ ॥ व्रजमाजग्मतुस्तौ तु व्रजे शुश्रुवतुस्तदा ॥ प्राप्तं शक्रमहं वीरौ गोपांश्चोत्सवलालसान् ॥ २ ॥ कौतूहलादिदं वाक्यं कृष्णः प्रोवाच तत्र तान् ॥ कोऽयं शक्रमहो नाम येन वो हर्ष आगतः ॥ ३ ॥ तत्र वृद्धतमस्त्वेको गोपो वाक्यमुवाच ह ॥ श्रूयतां तात शक्रस्य यदर्थं ध्वज इज्यते ॥ ४ ॥ देवानामीश्वरः शक्रो मेघानां चारिसूदन ॥ तस्य चायं मखः कृष्ण लोकनाथस्य शाश्वतः ॥ ५ ॥ तेन संचोदिता मेघास्तस्य चायुधभूषिताः ॥ तस्यैवाज्ञाकराः सस्यं जनयन्ति नवाम्बुभिः ॥ ६ ॥ मेघस्य पयसो दाता पुरुहूतः पुरन्दरः ॥ संप्रहृष्टस्य भगवान्प्रीणयत्यखिलं जगत् ॥ ७ ॥ तेन सम्पादितं सस्यं वयमन्ये च मानवाः ॥ महोत्सवं प्रयुञ्जानास्तर्पयामश्च देवताः ॥८॥ देवे वर्षति लोकेऽस्मिंस्ततः सस्यं प्रवर्धते ॥ पृथिव्यां तर्पितायां तु साम्प्रतं लक्ष्यते जगत् ॥ ९ ॥ क्षीरवत्यस्त्विमा गावो वत्सवत्यश्च निर्वृताः ॥ तेन संवर्धिता गावस्तृणैः पुष्टाः सपुङ्गवाः ॥ १० ॥ नासस्या नातृणा भूमिर्न बुभुक्षार्दितो जनः ॥ दृश्यते यत्र दृश्यन्ते वृष्टिमन्तो बलाहकाः ॥ ११ ॥ दुदोह सवितुर्गा वै शक्रो दिव्याः पयस्विनीः ॥ ताः क्षरन्ति नवं क्षीरं मेध्यं मेघौघधारितम् ॥ १२ ॥ वाय्वीरितं तु मेघेषु करोति निनदं महत् ॥ जवेनावर्तितं चैव गर्जतीति जना विदुः ॥ १३ ॥ तस्य चैवोह्यमा-

ही उन्हें जल मिलता है । वे त्रिलोकीपति इन्द्र प्रसन्न होकर समस्त ब्रह्माण्डको प्रसन्न रखते हैं ॥ ७ ॥ उन्हींकी कृपासे जो अन्न उत्पन्न होता है, सभी देहधारी प्राणी तथा हम लोग उसीसे जीवन धारण करते हैं । इसी कारण हम यह महोत्सव रचकर उनको प्रसन्न करते हैं ॥ ८ ॥ इससे प्रसन्न होकर देवता जल बरसाते हैं और जलसे अन्न उत्पन्न होता है । साथ ही पृथिवी भी तृप्त हो जाती है और उसके तृप्त होनेपर सारा संसार अमृतमय दिखायी देता है ॥ ९ ॥ इन्द्रभगवानकी कृपासे ही गौएँ वत्सवती तथा दुधार होती हैं । वर्षासे उगी घासें चरकर वृष आदि अन्यान्य गोधन परिपुष्ट होते हैं ॥१०॥ जहाँ मेघ जल बरसाते हैं, वहाँ न घासोंका अभाव होता है और न कोई प्राणी भूखा ही रहता है ॥११॥ इन्द्र सूर्यरश्मिरूपिणी दुधार गौओंसे रस प्राप्त करके मेघोंकी रचना करते हैं और उन मेघोंसे सुमधुर जल बरसता है ॥ १२ ॥ उन वायुयुक्त मेघोंको स्वयं इन्द्र वहन करते हैं । इसी कारण पर्वत विदीर्ण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेवाले वज्रनिनादके समान गर्जनका घोरतर शब्द सुनायी पड़ता है ॥ १३ ॥ १४ ॥ इन्द्रके भृत्य आकाशचारी मेघ उनके वज्रकी रगड़से परिचालित होकर जल बरसाते हैं ॥ १५ ॥ मेघ कभी दुर्दिनकी अवतारणा करते, कभी छिन्न-भिन्न हो जाते, वे कभी अञ्जनके समान एकदम काले हो जाते, कभी जलके महीन-महीन कण बरसाते और कभी कुछ भी जल न बरसाकर वैसे ही चले जाते हैं ॥ १६ ॥ उन इन्द्रदेवके प्रभावसे ही मेघों द्वारा आकाशमण्डल इस प्रकार विभूषित होता है और सूर्यकी किरणोंसे निकला हुआ जलरूपी दुग्ध सब जीवोंके उपकारार्थ भूतलको सराबोर करता है ॥ १७ ॥ १८ ॥ इन्द्र पृथिवीपर वर्षा करते हैं, इसी कारण जगतीतलके सभी राजे बड़े आह्लादके साथ इन्द्रमहोत्सव मनाते हैं। उसी प्रथाके अनुसार हमलोग भी इन्द्र-पूजन महोत्सवका आयोजन कर रहे हैं ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

नस्य वायुयुक्तैर्बलाहकैः ॥ वज्राशनिसमाः शब्दाः श्रूयन्ते नगभेदिनः ॥ १४ ॥ तज्जलं वज्रनिष्पेषैर्विमुञ्चति नभोगतैः ॥ बहुभिः कामगैर्मेघैः शक्रो भृत्यैरिवेश्वरः ॥ १५ ॥ क्वचिद्दुर्दिनसंकाशैः क्वचिच्छिन्नाभ्रसंनिभैः ॥ क्वचिद्द्विन्नाञ्जनाकारैः क्वचिच्छीकरवर्षिभिः ॥ १६ ॥ मण्डयतीव देवेन्द्रो विश्वमेवं नभो घनैः ॥ क्वचिच्छीकरमुक्ताभं कुरुते गगनं घनैः ॥१७॥ एवमेतत्पयो दुग्धं गोभिःसूर्यस्य वारिदः ॥ पर्जन्यः सर्वभूतानां भवाय भुवि वर्षति ॥ १८ ॥ यस्मात्प्रावृडियं कृष्ण शक्रस्य भुवि भाविना ॥ तस्मात्प्रावृषि राजानः सर्वे शीघ्रं मुदा युताः ॥ महैः सुरेशमर्चन्ति वयमन्ये च मानवाः ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शिशुचर्यायां गोपवाक्यं नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ गोपवृद्धस्य वचनं श्रुत्वा शक्रपरिग्रहे ॥ प्रभावज्ञोऽपि शक्रस्य वाक्यं दामोदरोऽब्रवीत् ॥ १ ॥ वयं वनचरा गोपाः सदा गोधनजीविनः ॥ गावोऽस्मद्दैवतं विद्धि गिरयश्च वनानि च ॥ २ ॥ कर्षकाणां कृषिर्वृत्तिः पण्यं विपणिजीविनाम् ॥ गावोऽस्माकं परा वृत्तिरेतत्त्रैविद्यमुच्यते ॥ ३ ॥ विद्यया यो यया युक्तस्तस्य सा दैवतं परम् ॥ सैव पूज्याऽर्चनीया च सैव तस्योपकारिणी ॥ योऽन्यस्य फलमश्नानः करोत्यन्यस्य सत्क्रियाम् ॥४॥ द्वावनर्थौ स लभते प्रेत्य चेह च मानवः ॥ कृष्यन्ता प्रथिता सीमा सीमान्तं प्रथितं वनम् ॥५॥ वनान्ता गिरयः सर्वे

(गोपोंका गोवर्द्धनमहोत्सव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवान कृष्ण इन्द्रके प्रभावसे भलीभाँति परिचित थे। फिर भी उस वृद्ध गोपके वचन सुनकर भगवान बोले—॥ १ ॥ हे तात ! हमलोग गोधनपर अपनी जीविका चलानेवाले गोप हैं। पर्वत, वन और गौवें ही हमारे सबसे बड़े देवता हैं ॥२॥ जैसे खेत कृषकोंके और विक्रेय वस्तुयें वश्योंकी जीविकाके साधन होते हैं। उसी तरह गोधन हमारे जीवनका महान् साधन है। जो प्राणी जिस विद्यासे सम्पन्न होता है, वह विद्या ही उसके लिए सर्वश्रेष्ठ देवता होती है। क्योंकि उसीके द्वारा उसका उपकार होता है। अतएव उस विद्याका पूजन करना ही उसका कर्तव्य है। जो लोग किसी विद्याका फलभोग करते हुए किसी अन्य देवताकी अर्चना करते हैं, उनका इहलोक तथा परलोक कहीं कल्याण नहीं होता। कृषिकार्यकी सीमा खेत, खेतकी सीमा वन, वनकी सीमा पर्वत होता है और वह पर्वत ही एकमात्र हमारी गति है। ऐसा सुना जाता है कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे पर्वत इच्छानुसार भाँति-भाँतिके सूक्ष्म रूप धारण करके अपनी-अपनी कन्दराओंमें घूमते रहते हैं ॥ ३—६ ॥ वे कभी केसरी सिंह और बड़े-बड़े नखवाले व्याघ्रका रूप धारण करके वनोंका उच्छेद करनेवाले लोगोंको भयभीत करते हुए वनोंकी रक्षा करते हैं ॥ ७ ॥ जब कोई दुराचारी दल वनोंके लिए कोई विघ्न उपस्थित करता है तो वनवासी लोग राक्षसोंके समान क्रूर बनकर उस दलको नष्ट कर देते हैं ॥ ८ ॥ ब्राह्मण मन्त्रयज्ञ, किसान सीता (हलका अग्रभाग) यज्ञ और हम गोप गिरियज्ञ किया करते हैं । अतएव इन वनोंमें हमें गिरियज्ञ ही करना चाहिए ॥९॥ मेरा मत तो यही है कि इस समय गिरियज्ञका आयोजन किया जाय । किसी वृक्षके नीचे अथवा पर्वतपर स्वस्तिवाचनपूर्वक कुण्ड-मण्डप आदिका निर्माण करके पवित्र पशुबलि प्रदान करें । अब व्यर्थ समय बितानेकी आवश्यकता नहीं है । आपलोग क्या सोच रहे हैं ? ॥१०॥११॥ शारदीय पुष्पमालाओंसे सब गौओंका श्रृङ्गार करके उनके द्वारा

सा चास्माकं गतिर्ध्रुवा ॥ श्रूयन्ते गिरयश्चापि वनेऽस्मिन्कामरूपिणः ॥ प्रविश्य तास्तास्तनवो रमन्ते स्वेषु सानुषु ॥ ६ ॥ भूत्वा केसरिणः सिंहा
व्याघ्राश्च नखिनां वराः ॥ वनानि स्वानि रक्षन्ति त्रासयन्तो वनच्छिदः ॥ ७ ॥ यदा चैषां विकुर्वन्ति ते वनालयजीविनः ॥ घ्नन्ति तानेव दुर्वृ-
त्तान्पौरुषादेन कर्मणा ॥ ८ ॥ मन्त्रयज्ञपरा विप्राः सीतायज्ञाश्च कर्षकाः ॥ गिरियज्ञास्तथा गोपा इज्योऽस्मभिर्गिरिर्वने ॥ ९ ॥ तन्मह्यं रोचते गोपा
गिरियज्ञः प्रवर्त्तताम् ॥ कर्म कृत्वा सुखस्थाने पादपेष्वथ वा गिरौ ॥ १० ॥ तत्र हत्वा पशून्मेध्यान्विततत्यायतने शुभे ॥ सर्वघोषस्य संदोहः
क्रियतां किं विचार्यते ॥ ११ ॥ तं शरत्कुसुमापीडाः परिवार्य प्रदक्षिणम् ॥ गावो गिरिवरं सर्वास्ततो यान्तु पुनर्व्रजम् ॥ १२ ॥ प्राप्ता किलेयं हि
गवां स्वादुतोयतृणा गणैः ॥ शरत्प्रमुदिता रम्या गतमेघजलाशया ॥ १३ ॥ प्रियकैः पुष्पितैर्गौरं श्यामं बाणासनैः क्वचित् ॥ कठोरतृणमाभाति
निर्मयूररुतं वनम् ॥ १४ ॥ विजला विमला व्योम्नि विबलाका विविद्युतः ॥ विवर्द्धन्ते जलधरा विदन्ता इव कुञ्जराः ॥ १५ ॥ पटुना मेघनादेन
नवतोयानुकर्षिणा ॥ पर्णोत्करघनाः सर्वे प्रसादं यान्ति पादपाः ॥ १६ ॥ सितवर्णाम्बुदोष्णीषं हंसचामरवीजितम् ॥ पूर्णचन्द्रामलच्छत्रं साभिषे-
कमिवाम्बरम् ॥ १७ ॥ हंसैः प्रहसितानीव समुत्क्रुष्टानि सारसैः ॥ सर्वाणि तनुतां यान्ति जलानि जलदक्षये ॥ १८ ॥ चक्रवाकस्तनतटाः पुलिन-

गोवर्द्धन पर्वतकी परिक्रमा कराइए । इसके बाद उन्हें छोड़ दीजिए । वे इच्छानुसार वनोंमें चली जायँ ॥१२॥ इस समय शरद् ऋतु उपस्थित है । इस कारण तृण-जल आदि वस्तुयें सुस्वादु हो गयी हैं । मेघ आकाशसे लुप्त हो गये हैं और जल सूखने लगा है ॥१३॥ इस समय वनस्थली कहीं कदम्बके पुष्पोंसे शुभ्र और कहीं झिण्टीके गुच्छोंसे कृष्णरूप धारण किये हुए है । इस समय वन मोरोंकी बोलीसे रहित हो गया है और इसको घासें पक गयी हैं ॥१४॥ बादल जल, वज्र और विद्युद्विहीन होकर बिना दाँतवाले हाथियोंके झुण्डके समान आकाशमें परिभ्रमण कर रहे हैं ॥ १५ ॥ मेघोंकी गड़गड़ाहटसे नया जल सोखनेवाले वृक्ष इस समय पत्तोंके बोझसे लदकर प्रसन्न हो रहे हैं ॥ १६ ॥ इस समय श्वेत वर्णके बादलोंकी पगड़ी, हंससमूहका चमर और निर्मल पूर्णचन्द्रका श्वेत छत्र धारण करके आकाश जैसे राजपदपर अभिषिक्त हुआ है ॥ १७ ॥ बादलोंके लुप्त हो जानेसे अब नये जलका आगम नहीं हो रहा है । अतएव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह हंसोंके द्वारा हँसता और सारसोंकी बोलीमें बोल रहा है ॥ १८ ॥ चक्रवाकरूपी स्तनधारिणी, तटनितम्बिनी, हंसहासिनी एवं प्रवाहवती नदियाँ बड़े वेगसे अपने स्वामी समुद्रकी ओर भागी जा रही हैं ॥ १९ ॥ सर्वत्र विद्यमान जलराशियाँ कुमुदके पुष्पोंसे विभूषित हो गयी हैं। उधर आकाश भी उसी प्रकार विचित्र नक्षत्रमालाओंसे अलंकृत हो गया है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है कि मानों परस्पर होड़ कर रहे हैं ॥ २० ॥ मस्त क्रौञ्च पक्षियोंके कलरवसे मुखरित और पके धानसे पीतिमा धारण किये हुए वनोंमें सबका मन रम जाता है ॥ २१ ॥ छोटी-छोटी पोखरियों, बावलियों एवं सब तड़ागोंमें कमल खिल गये हैं। इन दिनों खेतों, नदियों तथा सरोवरोंकी शोभा असीम हो उठी है ॥ २२ ॥ इस समय श्वेत, नील तथा रक्तकमलोंने विकसित होकर रमणीय शोभा धारण कर लिया है ॥ २३ ॥ अब वायुमें भी पहलेवाली उच्छृङ्खलता नहीं रह गयी है। वह मन्द-मन्द बह रही है। आकाश मेघशून्य होकर समुद्रके समान गम्भीर भाव धारण किये हुए है ॥२४॥ वर्षाकी समाप्तिपर मयूरोंके जो पंख पुराने हो गये थे, वे नाचनेके कारण झड़कर इधर-उधर छितरा गये हैं। उन्हें

श्रोणिमण्डलाः ॥ हंसलक्षणहासिन्यः पतिं यान्ति समुद्रगाः ॥ १९ ॥ कुमुदोत्फुल्लमुदकं ताराभिश्चित्रमम्बरम् ॥ सममभ्युत्स्मयन्तीव शर्वरीष्वित-रेतरम् ॥ २० ॥ मत्तक्रौञ्चावघुष्टेषु कलमापक्वपाण्डुषु ॥ निर्विष्टरमणीयेषु वनेषु रमते मनः ॥ २१ ॥ पुष्करिण्यस्तडागानि वाप्यश्च विकचोत्पलाः ॥ केदाराः सरितश्चैव सरांसि च श्रियाज्वलन् ॥ २२ ॥ पङ्कजानि च ताम्राणि तथाऽन्यानि सितान्यपि ॥ उत्पलानि च नीलानि भेजिरे वारिजां श्रियम् ॥ २३ ॥ मदं जहुः सितापाङ्गा मन्दं ववृधिरेऽनिलाः ॥ अभवद्व्यभ्रमाकाशमभूच्च निभृतोऽर्णवः ॥ २४ ॥ ऋतुपर्यायशिथिलैर्वृत्तनृत्यसमु-ज्झितैः ॥ मयूराङ्गरुहैर्भूमिर्बहुनेत्रेव लक्ष्यते ॥ २५ ॥ स्वपङ्कमलिनैस्तीरैः काशपुष्पलताऽऽकुलैः ॥ हंससारसविन्यासैर्यमुना भाति शोभना ॥२६॥ कलमापाकरम्येषु केदारेषु वनेषु च ॥ सस्यादा जलजादाश्च मत्ता विरुरुवुः खगाः ॥ २७ ॥ सिषिचुर्यानि जलदा जलेन जलदागमे ॥ तानि सस्यानि बालानि कठिनत्वं गतानि वै ॥ २८ ॥ त्यक्त्वा मेघमयं वासः शरद्गुणविदीपितः ॥ एष वै विमले व्योम्नि हृष्टो वसति चन्द्रमाः ॥२९॥ क्षीरिण्यो द्विगुणं गावः प्रमत्ता द्विगुणं वृषाः ॥ वनानां द्विगुणा लक्ष्मीः सस्यैर्गुणवती मही ॥ ३० ॥ ज्योतींषि घनमुक्तानि पद्मन्ति जलानि च ॥

देखकर ऐसा लगता है कि मानों वनभूमि असंख्य नेत्रोंसे विभूषित हो उठी है ॥ २५ ॥ यमुनाके कीचड़भरे तटपर हंस-सारस आदि जलचर पक्षी बैठे हुए हैं और विविध प्रकारकी लताओं तथा कासकुसुमोंसे ढँकी हुई यमुना चमत्कार उत्पन्न करनेवाली शोभा धारण कर रही है ॥ २६ ॥ क्या खेत और क्या वन, सर्वत्र इस समय पके सस्य (अन्न) तैयार होकर खड़े हैं। मत्स्यादि जलजन्तु तथा अन्नभोजी पक्षी सस्यके लोभमें चारों ओर दौड़ रहे हैं ॥ २७ ॥ वर्षा ऋतुमें बादलोंने अपने जलसे जिन सस्योंको सींचकर बढ़ाया था, अब वे पककर पुष्ट हो गये हैं ॥ २८ ॥ चन्द्रमाने अपना मेघरूपी वस्त्र उतारकर शरत्कालकी समुज्ज्वल ज्योति धारण कर ली है और निर्मल आकाशमण्डलमें प्रसन्नतापूर्वक विराज रहा है ॥ २९ ॥ इस समय गौओंका दूध दूना हो गया है, बैल पहलेसे दुगुने मत्त हो गये हैं, वनकी शोभा दुगुनी हो गयी है और पृथिवी अन्नसे लदकर सुन्दर लग रही है ॥ ३० ॥ नक्षत्रगण मेघमुक्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो गये और जलमें कमलोंके फूल खिल उठे। इस समय सब मनुष्योंके मन भी प्रसन्न हैं ॥ ३१ ॥ मेघमुक्त होकर सूर्यभगवान विशेष प्रखर हो उठे हैं और उनकी प्रचण्ड किरणें धीरे-धीरे वर्षाका जल सोख रही हैं ॥ ३२ ॥ विजयके अभिलाषी राजे अपने-अपने सैन्य-सामन्त एकत्र करके शत्रुराज्यपर चढ़ाई कर रहे हैं ॥ ३३ ॥ बन्धुजीव (अड़उल) नामके लाल फूलोंसे वनकी भूमि लाल हो गयी है और उसमें जगह-जगह कीचड़ भरे हुए हैं। मनुष्यका मन वहाँ उलझ जाता है तो फिर नहीं हटता ।. ३४ ॥ सर्ज, सप्तपर्ण, केतकी, कोविदार, बाणासन, निकुम्भ, प्रियक तथा स्वर्णपर्ण प्रभृति वनवृक्ष पुष्परूपी आभूषण धारण करके वनभूमिको आलोकित कर रहे हैं। भ्रमर, मृग और पेचक (उल्लू) चारों ओर फैल गये ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ इस समय शरत्सुन्दरी मानो मूर्तिमती होकर चारों ओर गागरके निनादसे मुखरित गोपसमाजमें सानन्द विचर रही है ॥ ३७ ॥ वर्षाकालमें गरुड़ध्वज विष्णुभगवान

मनांसि च मनुष्याणां प्रसादमुपयान्ति वै ॥ ३१ ॥ असृजत्सविता व्योम्नि निर्मुक्तो जलदैर्भृशम् ॥ शरत्प्रज्वलितं तेजस्तीक्ष्णरश्मिर्विशोषयन् ॥ ३२ ॥ नीराजयित्वा सैन्यानि प्रयान्ति विजिगीषवः ॥ अन्योन्यराष्ट्राभिमुखाः पार्थिवाः पृथिवीक्षितः ॥ ३३ ॥ बन्धुजीवाभिताम्रासु बद्धपङ्कवतीषु च ॥ मनस्तिष्ठति कान्तासु चित्रासु वनराजिषु ॥ ३४ ॥ वनेषु च विराजन्ते पादपा वनशोभिनः ॥ अशनाः सप्तपर्णाश्च कोविदाराश्च पुष्पिताः ॥ ३५ ॥ इषुसाह्वा निकुम्भाश्च प्रियकाः स्वर्णकास्तथा ॥ सृमराः पेचकाश्चैव केतक्यश्च समन्ततः ॥३६॥ व्रजेषु च विशेषेण गर्गरोद्गाररहासिषु ॥ शरत्प्रकाशयोषेव गोष्ठेष्वटति रूपिणी ॥ ३७ ॥ नूनं त्रिदशभूयिष्ठं मेघकालसुखोषितम् ॥ पतत्त्रिकेतनं देवं बोधयन्ति दिवौकसः ॥ ३८ ॥ शरद्येवं सुरस्यायां प्राप्तायां प्रावृषः क्षये ॥ नीलचन्द्रार्कवर्णैश्च रचितं बहुभिर्द्विजैः ॥ ३९ ॥ फलैः प्रवालैश्च घनमिन्द्रचापघनोपमम् ॥ भवनाकारविटपं लतापरममण्डितम् ॥ ४० ॥ विशालमूलावनतं पवनाभोगमण्डितम् ॥ अर्चयामो गिरिं देवं गाश्चैव सविशेषतः ॥ ४१ ॥ सावतंसैर्विषाणैश्च बर्हापीडैश्च दंशितैः ॥ घण्टाभिश्च प्रलम्बाभिः पुष्पैः शारदिकैस्तथा ॥४२॥ शिवाय गावः पूज्यन्तां गिरियज्ञः प्रवर्त्यताम् ॥ पूज्यतां त्रिदशैः शक्रो गिरिरस्माभिरिज्यताम् ॥ ४३ ॥ कारयिष्यामि गोयज्ञं बलादपि न संशयः ॥ यद्यस्ति मयि वः प्रीतिर्यदि वासुहृदो वयम् ॥ ४४ ॥ गावो हि

शयन करते हैं, उसी समय देवता एकत्र होकर उन्हें जगाते हैं ॥ ३८ ॥ इस समय वर्षा समाप्त हो गयी और शरद्ऋतु आगयी है। खेतोंमें अन्न पक गये हैं। श्वेत, नील और पीतवर्णके विविध पक्षियों तथा भाँति-भाँतिके रंगवाल फलपुष्पोंसे परिशोभित पर्वत इन्द्रधनुषयुक्त घने मेघसदृश दीख रहे हैं। पर्वतके ऊपरवाले वृक्षोंकी शाखायें घरकी तरह विस्तृत और लतामण्डित होकर जड़तक झुक गयी हैं। इसका शिखरप्रदेश आकाशतक फैला हुआ है। अतएव इस समय हमें चाहिए कि गौओंका विशेष शृंगार करके इन पर्वतदेवताकी ही पूजा करें ॥ ३९-४१ ॥ अब आपलोग गौओंके सींग-कान आदि अंगोंको कर्णभूषण, मयूरपुच्छ, घण्टा तथा विविध ऋतु-पुष्पोंसे सजाकर गौओं और गिरिराज गोवर्द्धनका पूजन प्रारम्भ कर दें। देवता इन्द्रकी पूजा करें और हम गोप इस पर्वतकी पूजा करेंगे ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ यदि मुझपर आप लोगोंका स्नेह है और अपना शुभचिन्तक समझते हैं तो मैं बलपूर्वक आपलोगोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यह गोयज्ञ कराऊँगा ॥४४॥ गौएँ सदासे सबकी पूज्य रही हैं, इस बातमें तो किसीको कोई संशय नहीं है। यदि आप लोगोंमें सहज अभिरुचि हो तो मनमें कोई दुविधा न रखकर मेरी बात मानते हुए लोककल्याणार्थ यह यज्ञ प्रारम्भ कर दीजिए ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत भाषाटीकायां सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

(भगवान कृष्ण तथा गोपों द्वारा गोवर्द्धनपूजन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान कृष्णके वचन सुनकर सभी गोप पुलकित हो उठे और निर्विघ्नचित्तसे वे सब कहने लगे—॥ १ ॥ वत्स! तुम्हारी बुद्धिमत्तापूर्ण बातसे हमको बड़ा आनन्द मिला। तुम्हारे परामर्शके अनुसार चलनेसे हमारे गोवंशकी वृद्धि ही होगी ॥ २ ॥ विशेष करके तुम हमारी गति, भक्ति, शुभाशुभ कर्मके ज्ञाता, आश्रय, अभयदाता और परम उपकारी मित्र हो ॥ ३ ॥ हे कृष्ण! तुम्हारे ही प्रतापसे यह गोपसमाज और गोकुल निरुपद्रव तथा प्रसन्न मनसे यहाँ

पूज्याः सततं सर्वेषां नात्र संशयः ॥ यदि साम्ना भवेत्प्रीतिर्भवतां वैभवाय च ॥ एतन्मम वचस्तथ्यं क्रियतामविचारितम् ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ दामोदरवचः श्रुत्वा हृष्टास्ते गोषु जीविनः ॥ तद्वागमृतमश्नानाः प्रत्यूचुरविशङ्कया ॥ १ ॥ तवैषा बाल महती गोपानां हर्षवर्द्धिनी ॥ प्रीणयत्येव नः सर्वान्बुद्धिर्वृद्धिकरी गवाम् ॥ २ ॥ त्वं गतिस्त्वं रतिश्चैव त्वं वेत्ता त्वं परायणम् ॥ भयेष्वभयदस्त्वं नस्त्वमेव सुहृदां सुहृत् ॥ ३ ॥ त्वत्कृते कृष्ण घोषोऽयं क्षेमी मुदितगोकुलः ॥ कृत्स्नो वसति शान्तारिर्यथा स्वर्गं गतस्तथा ॥ ४ ॥ जन्मप्रभृति कर्मैतद्दैवैरसुकरं भुवि ॥ बोद्धव्याच्चाभिमानाच्च विस्मितानि मनांसि नः ॥ ५ ॥ बलेन च पराध्येन यशसा विक्रमेण च ॥ उत्तमस्त्वं च मर्त्येषु देवेष्विव पुरंदरः ॥ ६ ॥ प्रतापेन च तीक्ष्णेन दीप्त्या पूर्णतयाऽपि च ॥ उत्तमस्त्वं च मर्त्येषु देवेष्विव दिवाकरः ॥ ७ ॥ कान्त्या लक्ष्म्या प्रसादेन वदनेन स्मितेन च ॥ उत्तमस्त्वं च मर्त्येषु देवेष्विव निशाकरः ॥ ८ ॥ बलेन वपुषा चैव बाल्येन चरितेन च ॥ स्यात्ते शक्तिधरस्तुल्यो न तु कश्चन मानुषः ॥ ९ ॥ यत्त्वयाऽभिहितं वाक्यं गिरियज्ञं प्रति प्रभो ॥ कस्तल्लङ्घयितुं शक्तो वेलामिव महोदधिः ॥ १० ॥ स्थितः शक्रमहस्तात श्रीमान्गिरिमहस्त्वयम् ॥ त्वत्प्रणीतोऽद्य गोपानां गवां हेतोः प्रवर्त्यताम् ॥ ११ ॥ भाजनान्युपकल्प्यन्तां पयसः पेशलानि च ॥ कुम्भाश्च विनिवेश्यन्तामुदपानेषु

स्वर्गीय सुख भोग रहा है। जन्मसे लेकर तुम्हारे दुष्कर कार्यों, अतुलित बल, कीर्ति तथा पराक्रम देखकर हमें विस्मय हुआ है ॥ ४ ॥ ५ ॥ तुम अपने प्रचण्ड पराक्रम, यश तथा विवेकसे मनुष्योंमें वैसे ही उत्तम हो, जैसे देवताओंमें इन्द्र उत्तम हैं ॥ ६ ॥ जैसे दीप्ति, पूर्णता और प्रतापमें सूर्यदेव उत्तम माने जाते हैं, वैसे ही मनुष्योंमें आप सर्वप्रधान पुरुष हैं ॥ ७ ॥ रूपलावण्य, प्रसन्नता और सहास्य मुख तुम मनुष्योंमें वैसे ही उत्तम हो, जैसे देवताओंमें चन्द्रमा श्रेष्ठ हैं ॥८॥ शरीर, बल और बाललीलामें तुम पूर्णरूपसे स्वामिकार्तिकेयके समान हो। उनके सिवाय तुम्हारी समता और कोई मनुष्य नहीं कर सकता ॥ ९ ॥ हे प्रभो! गिरियज्ञके लिए जो तुम्हारा अनुरोध है, समुद्रवेलाके समान अनुल्लंघनीय उस आदेशका उल्लंघन कौन करेगा? ॥ १० ॥ अतएव अब इन्द्रमहोत्सव स्थगित करके गोप और गोधनके कल्याणार्थ तुमने जिस गिरियज्ञकी व्यवस्था की है, वही आरम्भ होगा ॥ ११ ॥ सभी प्रकारके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दुग्धमिश्रित भोजन तैयार किये जायँ और जल पीनेके लिए सुन्दर कलश पौसरोंपर रखे जायँ ॥ १२ ॥ कृत्रिम नदियाँ दूधसे भर दी जायँ और सब प्रकारके भक्ष्य, भोज्य तथा पेय पदार्थ जुटा लिये जायँ ॥ १३ ॥ मांस तथा भात बनानेके पात्र एकत्रित कर लिये जायँ और व्रजके तीन दिनोंका दूध इकट्ठा किया जाय ॥ १४ ॥ महिष आदि जिन पशुओंका मांस हम लोग उपयोगमें लाते हैं, उन पशुओंकी बलि दी जाय । अब सभी गोप एकत्र होकर इस गिरियज्ञके काममें लग जायँ ॥ १५ ॥ ऐसा करनेसे गोपों और गौओंके आनन्दकी सीमा न रहेगी । तूर्यध्वनि, वृषभगर्जन तथा बछड़ोंके हम्भारवसे सारी व्रजभूमि आनन्दित हो उठेगी । दहीके सरोवर, घृतके आवर्त तथा दूधकी कृत्रिम नदियाँ भरी जायँ । अन्न तथा मांसका स्तूपाकार मेरुपर्वत बनाया जाय । हे महाराज ! इस आयोजनके अनुसार सब सामग्रियाँ जुट गयीं और गिरियज्ञ प्रारम्भ हो गया । कुछ ही क्षणोंमें वह स्थान गोप, गोपी और गोधनसे

शोभनाः ॥ १२ ॥ पूर्यन्तां पयसा नद्यो द्रोण्यश्च विपुलायताः ॥ भक्ष्यं भोज्यं च पेयं च तत्सर्वमुपनीयताम् ॥ १३ ॥ भाजनानि च मांसस्य न्यस्यन्तामोदनस्य च ॥ त्रिरात्रं चैव संदोहः सर्वघोषस्य गृह्यताम् ॥ १४ ॥ विहन्यन्तां च पशवो भोज्या ये महिषादयः ॥ प्रवर्त्यतां त्र यज्ञोऽयं सर्वगोपसमाकुलैः ॥ १५ ॥ आनन्दजननो घोषो महान्मुदितगोकुलः ॥ तूर्यप्रणादघोषैश्च वृषभाणां च गर्जितैः ॥ १६ ॥ हम्भारवैश्च वत्सानां गोपानां हर्षवर्द्धनः ॥ दध्नो ह्रदो घृतावर्त्तः पयःकुल्यासमाकुलः ॥ १७ ॥ मांसराशिः प्रभूताढ्यः प्रकाशौदनपर्वतः ॥ संप्रावर्त्तत यज्ञोऽस्य गिरेर्गोभिः समाकुलः ॥ १८ ॥ तुष्टगोपसमाकीर्णो गोपनारीमनोहरः ॥ भक्ष्याणां राशयस्तत्र शतशश्चोपकल्पिताः ॥ गन्धमाल्यैश्च विविधै-र्धूपैरुच्चावचैस्तथा ॥ १९ ॥ अथाधिश्रृतपर्यन्ते संप्राप्ते यज्ञसंविधौ ॥ यज्ञं गिरेः स्थितौ सौम्ये चक्रुर्गोपा द्विजैः सह ॥ २० ॥ यजनान्ते तदन्नं तु पत्पयो दधि चोत्तमम् ॥ मांसं च मायया कृष्णो गिरिर्भूत्वा समश्नुते ॥ २१ ॥ तर्पिताश्चापि विप्राग्र्यास्तुष्टाः संपूर्णमानसाः ॥ उत्तस्थुः प्रीतमनसः स्वस्ति वाच्यं यथासुखम् ॥ २२ ॥ भुक्त्वा चावभृथे कृष्णः पयः पीत्वा च कामतः ॥ संतृप्तोऽस्मीति दिव्येन रूपेण प्रजहास वै ॥ २३ ॥ तं गोपाः पर्वताकारं दिव्यस्रगनुलेपनम् ॥ गिरिमूर्ध्नि स्थितं दृष्ट्वा कृष्णं जग्मुः प्रधानतः ॥ २४ ॥ भगवानपि तेनैव रूपेणाच्छादितः प्रभुः ॥ सहितैः प्रणतो गोपैर्ववन्दात्मानमात्मना ॥ २५ ॥ तुमूचुर्विस्मिता गोपा देवं गिरिवरं स्थितम् ॥ भगवंस्त्वद्वशे युक्ता दासाः किं कुर्म किंकराः ॥ २५ ॥ स उवाच

भर गया ॥ १६–१८ ॥ यज्ञस्थलीके समीप अग्निस्थान, चरुस्थाली, विविध प्रकारकी भक्ष्य वस्तुयें, सुगन्धिद्रव्य, माला और धूप आदि पूजनसामग्रियाँ यथास्थान रख दी गयीं ॥ १९ ॥ इसके बाद शुभ मुहूर्तमें गोपोंने ब्राह्मणोंके साथ गिरियज्ञ आरम्भ कर दिया ॥२०॥ यज्ञकार्य समाप्त हो जानेपर भगवान कृष्ण अपनी मायासे गोवर्द्धन पर्वतका रूप धारण करके वह सब उत्कृष्ट भोजनसामग्री, दही, दूध और मांसका भोजन करने लगे ॥ २१ ॥ दूसरी ओर उत्तम ब्राह्मण भोजन करने बैठे थे । वे भोजनसे परम तृप्ति प्राप्त करके स्वस्तिवाचन करते हुए उठे । उधर गिरिरूपधारी भगवान कृष्णने भी इच्छानुसार भोजन करके दुग्धादि पिया और 'संतृप्तोऽस्मि' कहकर उसी दिव्य रूपसे हँसने लगे ॥२२॥२३॥ गोवर्द्धन पर्वतके ऊपर गिरिरूप धारण करके विराजमान कृष्ण भगवानको उन गोपोंने प्रणाम किया । दूसरे रूपसे सब गोपोंके साथ विद्यमान श्रीकृष्णने भी अपने आपको प्रणाम किया ॥२४॥२५॥ उस समय वहाँके गोपोंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आश्चर्यचकित होकर पर्वतपर विराजमान देवतासे कहा—'भगवन् ! हम लोग आपके वशवर्ती दास हैं । आप हमें आज्ञा दें कि हम क्या करें ॥२६॥ तदनन्तर पर्वतरूपधारी भगवान कृष्ण पर्वतकी ही वाणीमें बोले––'हे गोपों ! यदि तुम्हारे हृदयमें गौओंके प्रति दया हो तो आजसे तुम हमारी पूजा करो ॥ २७ ॥ क्योंकि मैं तुम्हारा अभीष्ट फलदाता देवता हूँ । मेरे प्रतापसे तुम असंख्य गौवें साथ लेकर परम आनन्दपूर्वक वन-वन विचरोगे ॥ २८ ॥ मैं सब तरहसे तुम्हारा कल्याण करूँगा । स्वर्गके समान मैं यहाँ भी सदा तुम्हारे साथ सुखपूर्वक विहार करूँगा ॥ २९ ॥ मैं यहाँके नन्द आदि प्रमुख गोपोंको प्रचुर धन प्रदान करूँगा ॥ ३० ॥ शीघ्र सवत्सा गौवें मेरे सम्मुख उपस्थित हों । उन्हें देखकर मैं बहुत आनन्दित हूँगा ॥ ३१ ॥ इसके बाद गिरिरूपधारी भगवानकी नीराजनाके लिए बैलोंके साथ असंख्य गौवें वहाँ आ उपस्थित हुईं । उन्होंने चारों ओरसे गोवर्द्धन पर्वतको घेर लिया ॥ ३२ ॥ उन गौओंके शृङ्गादि अङ्ग वनमालासे विभूषित थे और उनकी संख्या सैकड़ों और हजारोंकी थी ॥३३॥ गोप लोग गौओंको काबूमें रखते हुए उनके पीछे-पीछे दौड़ रहे थे । उन ग्वालोंने अपनी-अपनी इच्छाके

ततो गोपान्गिरिप्रभवया गिरा ॥ अद्यप्रभृति चेज्योऽहं गोषु यद्यस्ति वा दया ॥ २७ ॥ अहं वः प्रथमो देवः सर्वकामकरः शुभः ॥ मम प्रभावाच्च गवामयुतान्येव भोक्ष्यथ ॥ २८ ॥ शिवश्च वो भविष्यामि मद्भक्तानां वने वने ॥ रंस्ये च सह युष्माभिर्यथा दिवि गतस्तथा ॥ २९ ॥ ये चेमे प्रथिता गोपा नन्दगोपपुरोगमाः ॥ एषां प्रीतः प्रयच्छामि गोपानां विपुलं धनम् ॥ ३० ॥ पर्याप्नुवन्तु क्षिप्रं मां गावो वत्ससमाकुलाः ॥ एवं मम परा प्रीतिर्भविष्यति न संशयः ॥ ३१ ॥ ततो नीराजनार्थं हि वृन्दशो गोकुलानि तम् ॥ परिवव्रुर्गिरिवरं सवृषाणि समन्ततः ॥ ३२ ॥ ता गावः प्रद्रुता हृष्टाः सापीडस्तबकाङ्गदाः ॥ सस्रजापीडशृङ्गाग्राः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ३३ ॥ अनुजग्मुश्च गोपालाः कालयन्तो धनानि च ॥ भक्तिच्छेदानुलिप्ताङ्गा रक्तपीतसिताम्बराः ॥ ३४ ॥ मयूरचित्राङ्गदिनो भुजैः प्रहरणावृतैः ॥ मयूरपत्रवृन्तानां केशबन्धैः सुयोजितैः ॥ ३५ ॥ बभ्राजुरधिकं गोपाः समवाये तदाऽद्भुते ॥ अन्ये वृषानारुरुहुर्नृत्यन्ति स्मापरे मुदा ॥३६॥ गोपालास्त्वपरे गाश्च जगृहुर्वेगगामिनः ॥ तस्मिन्पर्यायनिर्वृत्ते गवां नीराजनोत्सवे ॥ ३७ ॥ अन्तर्धानं जगामाशु तेन देहेन सोऽचलः ॥ कृष्णोऽपि गोपसहितो विवेश व्रजमेव ह ॥ ३८ ॥ गिरियज्ञप्रवृत्तेन तेनाश्चर्येण विस्मिताः ॥ गोपाः सबालवृद्धा वै तुष्टुवुर्मधुसूदनम् ॥३९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि गिरियज्ञप्रव-

अनुसार शरीरमें विविध प्रकारके अनुलेपन लगा रखे थे और उनके श्वेत, नील तथा पीतवर्णके वस्त्र बड़े अच्छे लग रहे थे ॥ ३४ ॥ उनकी भुजाओंमें मोरपंखके आभूषण तथा विविध शस्त्रास्त्र विद्यमान थे । उनके केश मोरपंख लगा-लगाकर बड़े सुन्दर ढंगसे सँवारकर बँधे हुए थे ॥ ३५ ॥ इस प्रकार एक साथ असख्य गोपोंके एकत्रित हो जानेसे वहाँ एक तरहकी अद्भुत शोभाका उदय हो गया । उनमेंसे कुछ ग्वाले बैलोंपर सवार हो गये । कुछ आनन्दातिरेकसे नाचने लगे । कुछ गोप वेगसे भागती हुई गौओंको नियंत्रित करनेके कार्यमें संलग्न हो गये । इस प्रकार गौओं द्वारा गोवर्द्धनप्रदक्षिणाका कार्य सम्पन्न हो जानेपर गोवर्द्धनदेवकी वह प्रत्यक्ष मूर्ति अन्तर्धान हो गयी । तदनन्तर भगवान कृष्ण गोपोंके साथ व्रजको चले गये ॥ ३६–३८ ॥ गिरियज्ञका वह अद्भुत समारोह देखकर आबाल-वृद्ध-वनिता सभी लोग विस्मित हुए और गद्गद हृदयसे वे सब भगवान कृष्णकी स्तुति करने लगे ॥ ३९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

(भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्द्धनधारण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस तरह श्रीकृष्ण द्वारा इन्द्रपूजा-महोत्सव रोक दिये जानेपर देवराज इन्द्र बहुत कुपित हुए और सांवर्तक आदि मुख्य-मुख्य मेघोंको बुलाकर उन्होंने कहा—॥ १ ॥ हे मेघश्रेष्ठ ! यदि तुम्हारे हृदयमें राजभक्ति हो और मेरा प्रिय कार्य करनेकी अभिलाषा हो तो मैं जो कह रहा हूँ, उसे ध्यान देकर सुनो ॥ २ ॥ नन्द आदि कृष्णभक्त गोपोंने वृन्दावनमें जाकर मेरे उत्सवकी अवहेलना की है ॥३॥ अतएव जो गौवें उनका जीवन हैं, उनको सात राततक वर्षा तथा आँधीसे खूब सताओ ॥ ४ ॥ अपने ऐरावतपर सवार होकर मैं स्वयं भी वहाँ आऊँगा और वज्रपात सदृश कठोर गर्जनयुक्त वायु तथा वर्षाका संचालन करूँगा ॥ ५ ॥ इस प्रकार तुम्हारी प्रचण्ड

र्त्तनं नाम अष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ महे प्रतिहते शक्रः सक्रोधस्त्रिदशेश्वरः ॥ सांवर्त्तकं नाम गणं तोयदानामथाब्रवीत् ॥ १ ॥ भो बलाहकमातङ्गाः श्रूयतां मम भाषितम् ॥ यदि वो मत्प्रियं कार्यं राजभक्तिपुरस्कृतम् ॥ २ ॥ एते वृन्दावनगता दामोदरपरायणाः ॥ नन्दगोपादयो गोपा विद्विषन्ति ममोत्सवम् ॥ ३ ॥ आजीवो यः परस्तेषां गोपत्वं च यतः स्मृतम् ॥ ता गावः सप्तरात्रेण पीड्यन्तां वर्षमारुतैः ॥ ४ ॥ ऐरावतगतश्चाहं स्वयमेवाम्बु दारुणम् ॥ स्रक्ष्यामि वृष्टिं वातं च वज्राशनिसमप्रभम् ॥ ५ ॥ भवद्भिश्चण्डवर्षेण चरता मारुतेन च ॥ हतास्ताः सव्रजा गावस्त्यक्ष्यन्ति भुवि जीवितम् ॥ ६ ॥ एवमाज्ञापयामास सर्वाञ्जलधरान्प्रभुः ॥ प्रत्याहते वै कृष्णेन शासने पाकशासनः ॥ ७ ॥ ततस्ते जलदाः कृष्णा घोरनादा भयावहाः ॥ आकाशं छादयामासुः सर्वतः पर्वतोपमाः ॥ ८ ॥ विद्युत्संपातजननाः शक्रचापविभूषिताः ॥ तिमिरावृतमाकाशं चक्रुस्ते जलदास्तदा ॥ ९ ॥ गजा इवान्यसंयुक्ताः केचिन्मकरवर्चसः ॥ नागा इवान्ये गगने चेरुर्जलदपुङ्गवाः ॥ १० ॥ तेऽन्योऽन्यं वपुषा बद्धा नागयूथायुतोपमाः ॥ दुर्दिनं विपुलं चक्रुश्छादयन्तो नभस्तलम् ॥ ११ ॥ नृहस्तनागहस्ताभ्यां वेणूनां चैव सर्वतः ॥ धाराभिस्तुल्यरूपाभिर्ववृषुस्ते बलाहकाः ॥ १२ ॥ समुद्रं मेनिरे तं हि खमारूढं नृचक्षुषः ॥ दुर्विगाह्यमपर्यन्तमगाधं दुर्दिनं महत् ॥ १३ ॥ नैवापतन्वै खगमा दुद्रुवुर्मृगजातयः ॥ पर्वताभेषु मेघेषु खे नदत्सु

वर्षा तथा वायुसे शीघ्र वे सभी सवत्सा गौवें भूमिपर गिर-गिरकर मर जायँगी ॥ ६ ॥ श्रीकृष्णके द्वारा इन्द्रमहोत्सव स्थगित कर दिये जानेपर देवराजने मेघोंको बुलाकर ऐसी आज्ञा दी ॥ ७ ॥ उसी समय भीषण गर्जन करते हुए वे पर्वताकार काले मेघ चारों ओरसे आकाशमें घिर आये ॥ ८ ॥ उस मेघमण्डलमें सहसा इन्द्रधनुषका उदय हो गया और विद्युत्पात होने लगा । आकाशमें घोर अन्धकार छा गया ॥ ९ ॥ गजयूथाकार, मकराकार एवं सर्पाकार मेघ गगनमण्डलमें मँडराने लगे ॥ १० ॥ दस हजार हाथियोंके झुण्डसदृश भीषण मेघ परस्पर एक दूसरेसे सटकर आकाशमें छा गये और थोड़ी ही देरमें उन्होंने भयानक दुर्दिन उपस्थित कर दिया ॥ ११ ॥ वे मेघ मनुष्यहस्ताकृति, गजशुण्डाकृति तथा बाँस जितनी मोटी जलधारायें बरसाने लगे ॥ १२ ॥ उस समय मनुष्योंके नेत्रोंको ऐसा ज्ञात हुआ कि मानो दुरवगाह तथा अगाध समुद्र आकाशपर चढ़ गया है । दुर्दिनको तो सीमा ही नहीं थी ॥१३॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चारों ओर पर्वताकार बादलोंका गर्जन आरम्भ हो गया। उस समय आकाशमें एक पक्षी भी उड़ता नहीं दिखायी देता था। मृगगण भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे ॥ १४ ॥ उन प्रलयंकर बादलोंमें सूर्य, चन्द्रमा तथा नक्षत्र लुप्त हो गये। इस प्रकार अत्यधिक वर्षा होनेके कारण लोगोंके शरीर निस्तेज हो गये ॥ १५ ॥ बादलोंके जमघटसे आकाशमें सूय, चन्द्रमा और ग्रहों-नक्षत्रोंकी दीप्ति लुप्त हो गयी और आकाश निष्प्रभ हो गया ॥ १६ ॥ निरन्तर जलवर्षासे चारों ओरकी भूमि जलमयी हो गयी ॥ १७ ॥ बरसात देखकर मोर बच्चोंकी तरह अस्फुट स्वरमें बोलने लगे। नदियाँ बढ़ गयीं और छोटे-छोटे सरोवर भरकर उमड़ पड़े। जलके प्रबल वेगसे नदीतटवर्ती वृक्ष उखड़-उखड़कर गिरने लगे ॥ १८ ॥ मेघगर्जन तथा वज्रपातके घनघोर निनादसे मानो डरकर वहाँके तरु-तृण आदि काँपने लगे ॥ १९ ॥ गोपगण भयसे व्याकुल होकर परस्पर बातें करते हुए कहने लगे—अब प्रलयकाल उपस्थित हो गया है। सारी पृथिवी समुद्रमें समा जायगी ॥ २० ॥ उस महान् उत्पातके अवसरपर गौओंका कष्ट बहुत बढ़ गया। वे जैसे बँधी हुई एक ही स्थानपर खड़ी-खड़ी हम्मा शब्द करके रो रही

समन्ततः ॥ १४ ॥ नष्टसूर्येन्दुसदृशैर्मेघैर्नभसि दारुणैः ॥ अतिवृष्टेन लोकस्य विरूपमभवद्वपुः ॥ १५ ॥ मेघौघनिष्प्रभाकारमदृश्यग्रहतारकम् ॥ चन्द्रसूर्यांशुरहितं खं बभूवातिनिष्प्रभम् ॥ १६ ॥ वारिणा मेघमुक्तेन मुच्यमानेन चासकृत् ॥ आबभौ सर्वतस्तत्र भूमिस्तोयमयी यथा ॥ १७ ॥ विनेदुर्बर्हिणस्तत्र तोककल्परुताः खगाः ॥ विवृद्धिं निम्नगा याताः प्लवगाः संप्लवं गताः ॥ १८ ॥ गर्जितेन च मेघानां पर्जन्यनिनदेन च ॥ तर्जितानीव कम्पन्ते तृणानि तरुभिः सह ॥ १९ ॥ प्राप्तोऽन्तकालो लोकानां व्यक्तमेकार्णवा मही ॥ इति गोपगणा वाक्यं व्याहरन्ति भयार्दिताः ॥२०॥ तेनोत्पातांबुवर्षेण गावो विप्रहता भृशम् ॥ हम्भारवैः क्रन्दमाना न चेलुः स्तम्भितोपमाः ॥२१॥ निष्कम्पसक्थिचरणा निष्प्रयत्नखुराननाः ॥ हृष्टरोमार्द्रतनवः क्षामकुक्षिपयोधराः ॥ २२ ॥ काश्चित्प्राणाञ्जहुः श्रान्ता निपेतुः काश्चिदातुराः ॥ काश्चित्सवत्साः पतिता गावः शीकरवेजिताः ॥ २३ ॥ काश्चिदाक्रम्य क्रोडेन वत्सांस्तिष्ठन्ति मातरः ॥ विमुखाः श्रान्तसक्थ्यश्च निराहाराः कृशोदराः ॥ २४ ॥ पेतुरार्ता वेपमाना गावो वर्ष-पराजिताः ॥ सवत्साश्चोन्मुखा बाला दामोदरमुखाः स्थिताः ॥ त्राहीति वदनैर्दीनैः कृष्णमूचुरिवार्दिताः ॥ २५ ॥ गवां तत्कदनं दृष्ट्वा दुर्दिनागमजं महत् ॥ गोपांश्चासन्ननिधनान्कृष्णः कोपं समादधे ॥ २६ ॥ स चिन्तयित्वा संरब्धो दृष्टोपायो मयेति च ॥ आत्मानमात्मना वाक्यमिद-

थीं ॥ २१ ॥ उनके ऊरु, चरण, खुर और मुख आदि सभी अंग शून्य हो गये। उनके भीगे हुए रोयें खड़े हो गये। उनके उदर और स्तन जैसे शरीरके भीतर समा गये ॥ २२ ॥ उनमेंसे कुछ गायें मर गयीं और कुछ नितान्त श्रान्त तथा कातर होकर धरतीपर गिर पड़ीं। वर्षाके जलसे उद्विग्न होकर बछड़ों समेत कुछ गौवें भूमिमें लोट गयीं ॥ २३ ॥ कोई-कोई भूखी और क्षीण उदरवाली गायें अपने बछड़ोंको पेटके नीचे छिपाकर खड़ी हो गयीं। इस प्रकार सभी गौवें वर्षाके प्रभावसे विकलाङ्ग, निराहार एवं कृशोदरी होकर अपने काँपते हुए शरीरसे भूमिमें लेट गयीं। व्रजके बालक और बछड़े ऊपर मुख उठाकर भगवान कृष्णकी ओर निहारने लगे। उनका म्लान मुख देखकर ज्ञात होता था कि मानो वे—'हे दामोदर! हमारी रक्षा करो।' यह कहनेके लिए ही गर्दन उठाकर खड़े थे ॥ २४ ॥ २५ ॥ उस समय महात्मा कृष्ण वर्षाके कारण उन सब गौओंको मरती तथा गोपोंका विनाश होते देखकर कुपित हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गये। क्षणभर सोचकर उन्होंने मन ही मन कहा—'हाँ, यह उत्तम उपाय है। वनों समेत गोवर्द्धन पर्वतको उठाकर इसके नीचे गौओंके रहनेका स्थान कर दिया जाय ॥ २६–२८ ॥
दूसरी पृथिवीके समान विशाल इस पर्वतको उठा लेनेसे अपनी गौओं तथा बाल-बच्चों समेत गोप सुरक्षित हो जायँगे और यह पर्वत भी मेरे वशमें हो जायगा ॥ २९ ॥ हे महाराज
जनमेजय! सत्यपराक्रम भगवान कृष्णने क्षणभर ऐसा सोचकर अपना भुजबल दिखानेके लिए उस गोवर्द्धन पर्वतको जड़से उखाड़ लिया। उस मेघयुक्त पर्वतको उठाकर बायें हाथपर
रख लेनेसे उसकी सभी कन्दरायें घरके रूपमें परिणत हो गयीं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ पर्वतको उत्पाटित करते समय उसकी शिलाओंके बन्धन ढीले पड़ गये और बड़ी-बड़ी चट्टानें वृक्षोंके साथ
धड़ाधड़ नीचे गिरने लगीं ॥ ३२ ॥ उसके सब शिखर कम्पित होकर नीचे खिसकने लगे। भगवानके हाथमें विराजमान वह पर्वत आकाशचारी पक्षीकी तरह दीख रहा था ॥ ३३ ॥

सूचे प्रियंवदः ॥ २७ ॥ अद्याहमिममुत्पाट्य सकाननवनं गिरिम् ॥ कल्पयेयं गवां स्थानं वर्षत्राणाय दुर्द्धरम् ॥ २८ ॥ अयं धृतो मया शैलः
पृथ्वीगृहनिभोपमः ॥ त्रास्यते सव्रजा गा वै मद्वश्यश्च भविष्यति ॥२९॥ एवं सञ्चिन्तयित्वा तु कृष्णः सत्यपराक्रमः ॥ बाह्वोर्बलं दर्शयिष्यन्समीपं
तं महीधरम् ॥३०॥ दोर्भ्यामुत्पाटयामास कृष्णो गिरिरिवापरः ॥ स धृतः सङ्गतो मेघैर्गिरिः सव्यंन पाणिना ॥ गृहभावं गतस्तत्र गृहाकारेण वर्चसा
॥३१॥ भूमेरुत्पाट्यमानस्य तस्य शैलस्य सानुषु ॥ शिलाः प्रशिथिलाश्चेलुर्विनिष्पेतुश्च पादपाः ॥ ३२ ॥ शिखरैर्घूर्णमानैश्च सीदमानैश्च पादपैः ॥
विधूतैश्चोच्छ्रितः शृङ्गैरगमः खगमोऽभवत् ॥ ३३ ॥ चलत्प्रस्रवणैः पार्श्वैर्मेघौघैरेकतां गतैः ॥ भिद्यमानाश्मनिचयश्चचाल धरणीधरः ॥ ३४ ॥
न मेघानां प्रवृष्टानां न शैलस्याश्मवर्षिणः ॥ विविदुस्ते जना रूपं वायोस्तस्य च गर्जतः ॥ ३५ ॥ मेघैः सशैलसंस्थानैर्जलप्रस्रवणार्पितैः ॥ मिश्री-
कृत इवाभाति गिरिरुद्दामबर्हवान् ॥३६॥ आप्लुतोऽयं गिरिः पक्षैरिति विद्याधरोरगाः ॥ गन्धर्वाप्सरसश्चैव वाचो मुञ्चन्ति सर्वशः ॥३७॥ सहस्त-
तलविन्यस्तो मुक्तमूलः क्षितेस्तलात् ॥ रीतीर्निर्वर्तयामास काञ्चनाञ्जनराजतीः ॥ ३८ ॥ कानिचिच्छिथिलानीव संच्छिन्नार्द्धानि कानिचित् ॥
गिरेर्मेघप्रवृष्टानि तस्य शृङ्गाणि चाभवन् ॥ ३९ ॥ गिरिणा कम्पमानेन कम्पितानां तु शाखिनाम् ॥ पुष्पमुच्चावचं भूमौ व्यशीर्यत समन्ततः

उस पर्वतके सब झरने मेघसे मिल गये थे। इस कारण उनके प्रचण्ड बहावमें पड़कर बड़े-बड़े शिलाखण्ड चूर-चूर होने लगे और स्वयं गोवर्द्धन पर्वत काँपने लगा ॥ ३४ ॥ घोरतर ओला-
वर्षा और वायुके झोकोंका शब्द होने लगा, किन्तु भगवानके द्वारा सुरक्षित गाओं और गोपोंपर उनका छींटा भी नहीं पड़ सका ॥ ३५ ॥ पर्वतके झरनोंमें गिरे हुए शिलाखण्ड
और मेघ परस्पर मिलकर ऐसे दीखने लगे कि मानों गोवर्द्धन पर्वत कोई बड़े पंखोंवाला पक्षी है ॥ ३६ ॥ विद्याधर, गन्धर्व, सर्प और अप्सरागण चारों ओरसे कहने लगे—'यह पर्वत
पंखधारी हो गया है।' ॥ ३७ ॥ वह पर्वत पृथिवीसे उत्पाटित होकर भगवान कृष्णके हाथमें पहुँचा तो ऐसा लगा कि स्वर्ण, रौप्य तथा अञ्जनका एकत्र समावेश हो गया है ॥ ३८ ॥
उस पर्वतके कोई-कोई ऊँचे शिखर वर्षाके जलसे शिथिल पड़ गये और कुछ भाग तो एकदम खिसक ही गये ॥ ३९ ॥ उस पर्वतके कम्पित होनेपर उसके ऊपर उगे वृक्षोंसे विविध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकारके पुष्प इधर-उधर बिखर गये ॥४०॥ विशाल मस्तकवाले अर्धस्वस्तिकविभूषित बड़े-बड़े सर्प इस हलचलसे कुपित होकर बिलोंसे बाहर निकल आये और आकाशमें विचरने लगे ॥४१॥ उस समय पक्षियोंके कष्टकी तो सीमा ही नहीं रही। वर्षाके प्रभाव तथा भयसे वे बारम्बार आकाशमें उड़ने और गिरने लगे ॥ ४२ ॥ सिंहगण क्रुद्ध होकर सजल जलधरके समान तथा व्याघ्रगण मथ्यमान मन्थनभाण्डकी तरह गर्जन करने लगे ॥ ४३ ॥ पर्वतके जो समतल स्थल थे, वे विषम हो गये और जो विषम थे, वे समतल। अब गिरराज गोवर्द्धनकी पहले जैसी आकृति नहीं रह गयी ॥ ४४ ॥ अतिवृष्टिके कारण उसकी आकृति शंकरभगवानके द्वारा स्तम्भित त्रिपुरके समान लग रही थी ॥ ४५ ॥ काले-काले बादलोंसे ढका हुआ वह पर्वत भगवान कृष्णके हाथमें पहुँचकर छत्रकी तरह शोभित हो उठा ॥४६॥ मेघोंके आवरणमें उस पर्वतकी सभी कन्दरायें छिप गयीं। इससे ऐसा लगा कि मानो वह पर्वत श्रीकृष्णके हाथकी

॥४०॥ निःसृताः पृथुमूर्धानः स्वस्तिकार्द्धविभूषिताः ॥ द्विजिह्वपतयः क्रुद्धाः खेचराः खे समन्ततः ॥४१॥ आर्तिं जग्मुः खगगणा वर्षेण च भयेन च ॥ उत्पत्योत्पत्य गगनात्पुनः पेतुरवाङ्मुखाः ॥४२॥ चेलुश्च रोषिताः सिंहाः सजला इव तोयदाः ॥ गर्गरा इव मथ्यन्तो नेदुः शार्दूलपुङ्गवाः ॥४३॥ विषमैश्च समीभूतैः समैश्चात्यन्तदुर्गमैः ॥ व्यावृत्तदेहः स गिरिरन्य एवोपलक्ष्यते ॥ ४४ ॥ अतिवृष्टस्य तैर्मेघैस्तस्य रूपं बभूव ह ॥ स्तम्भितस्येव रुद्रेण त्रिपुरस्य विहायसि ॥ ४५ ॥ बाहुदण्डेन कृष्णस्य विधृतं सुमहत्तदा ॥ नीलाभ्रपटलच्छन्नं तद्गिरिच्छत्रमाबभौ ॥४६॥ स्वप्नायमानो जलदैर्निमीलितगुहामुखः ॥ बाहूपधाने कृष्णस्य प्रसुप्त इव खे गिरिः ॥४७॥ निर्विहङ्गरुतैर्वृक्षैर्निर्मयूररुतैर्वनैः ॥ निरालम्ब इवाभाति गिरिः स्वशिखरैर्वृतः ॥ ४८ ॥ पर्यस्तैर्घूर्णमानैश्च प्रचलद्भिश्च सानुभिः ॥ सज्वराणीव शैलस्य वनानि शिखराणि च ॥ ४९ ॥ उत्तमाङ्गगतास्तस्य-मेघाः पवनवाहनाः ॥ त्वर्यमाणा महेन्द्रेण तोयं मुमुचुरक्षयम् ॥ ५० ॥ स लम्बमानः कृष्णस्य भुजाग्रे सघनो गिरिः ॥ चक्रारूढ इवाभाति देशो नृपतिपीडितः ॥५१॥ स मेघनिचयस्तस्थौ गिरिं तं परिवार्य ह ॥ पुरं पुरस्कृत्य यथा स्फीतो जनपदो महान् ॥५२॥ निवेश्य तं करैः शैलं तोलयित्वा च सस्मितम् ॥ प्रोवाच गोप्ता गोपानां प्रजापतिरिव स्थितः ॥५३॥ एतद्देवैरसंभाव्यं दिव्येन विधिना मया ॥ कृतं गिरिगृहं गोपा निर्वातं शरणं

तकिया लगाकर आकाशमें सो रहा है ॥४७॥ उसके ऊपर उगे वृक्षोंपर एक भी पक्षीका शब्द अथवा मयूरोंकी ध्वनि नहीं सुनायी देती थी। इससे ऐसा लगता था कि मानों पर्वत शून्यमें टिका हुआ है ॥ ४८ ॥ उसकी सब कन्दरायें घूर्णित, कम्पित तथा अस्त-व्यस्त हो गयी थीं। इससे ऐसा जान पड़ता था कि मानो सभी गिरिश्रृङ्ग तथा गिरिवन ज्वररोगसे पीड़ित हो गये हैं ॥४९॥ पवनवाहन मेघ इन्द्रकी प्रेरणासे उस पर्वतके शिखरोंपर अनवरत जल बरसा रहे थे ॥ ५० ॥ भगवान कृष्णकी भुजापर विराजमान वह पर्वत किसी राजाके द्वारा पीड़ित उस देशके समान लग रहा था, जिसके नागरिक घर छोड़कर भाग रहे हों ॥ ५१ ॥ जैसे कोई एक जनपद किसी नगरको घेरकर बैठा हो, उसी प्रकार मेघसमूह उस पर्वतको घेरे हुए थे ॥ ५२ ॥ उस समय विधाताके समान मुसकाते हुए सबके रक्षक भगवान कृष्णने उस गोवर्घन पर्वतको हाथपर उठाकर गोपोंसे कहा—हे गोपगण! गौओंकी रक्षाके लिए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैंने दैवी विधिके अनुसार इस पर्वतको उठाकर वायु और वर्षासे बचने योग्य गिरिगृह जैसा बना दिया है। देवता भी यह कार्य नहीं कर सकते थे ॥५३॥५४॥ अब शीघ्र तुम लोग गोपोंके झुण्डों तथा ज्येष्ठ-लघुके क्रमसे गौओंके लिए स्थाननिर्देश कर दो। इस पर्वतका उत्पाटन करके मैंने पाँच कोस लम्बा तथा कोसभर विस्तृत स्थान कर दिया है। अब व्रजकी बात तो दूर रही, सारी त्रिलोकीकी रक्षा यहाँ हो सकती है ॥ ५५–५७ ॥ भगवानकी बात सुनकर गोपोंका हल्ला तथा गौओंका हम्भाशब्द उठा तो बाहर पर्वतके ऊपर मेघोंका घोर गर्जन प्रारम्भ हो गया ॥५८॥ इसके बाद गोपोंने गौओंके झुण्डोंको उस पर्वतके गह्वरमें ले जाकर सुरक्षित कर दिया ॥ ५९ ॥ शिलामय स्तम्भके समान महान् उन्नत भगवान कृष्णने किसी प्रिय अतिथिके समान उस पर्वतको अपने एक हाथपर उठा लिया था ॥६०॥ गोपोंके बर्तन-भाँड़े तथा जुते छकड़े आदि सभी गृहस्थोकी सामग्रियाँ भी उसी पर्वतगह्वरमें रख दी गयीं

गवाम् ॥ ५४ ॥ क्षिप्रं विशन्तु यूथानि गवामिह हि शान्तये ॥ निर्वातेषु च देशेषु निवसन्तु यथासुखम् ॥ यथाश्रेष्ठं यथायूथं यथासारं यथासु-
खम् ॥५५॥ विभज्यतामयं देशः कृतं वर्षनिवारणम् ॥ शैलोत्पाटनभूरेषा महती निर्मिता मया ॥५६॥ पञ्चक्रोशप्रमाणेन क्रोशैकविस्तरो महान् ॥
त्रैलोक्यमप्युत्सहते रक्षितुं किं पुनर्व्रजम् ॥ ५७ ॥ ततः किलकिलाशब्दो गवां हम्भारवैः सह ॥ गोपानां तुमुलो जज्ञे मेघनादश्च बाह्यतः ॥५८॥
प्राविशन्त ततो गावो गोपैर्यूथप्रकल्पिताः ॥ तस्य शैलस्य विपुलं प्रदरं गह्वरोदरम् ॥ ५९ ॥ कृष्णोऽपि मूले शैलस्य शैलस्तम्भ इवोच्छ्रितः ॥
दधारैकेन हस्तेन शैलं प्रियमिवातिथिम् ॥ ६० ॥ ततो व्रजस्य भाण्डानि युक्तानि शकटानि च ॥ विविशुर्वर्षभीतानि तद्गृहं गिरिनिर्मितम्
॥ ६१ ॥ अतिदैवं तु कृष्णस्य दृष्ट्वा तत्कर्म वज्रभृत् ॥ मिथ्याप्रतिज्ञो जलदान् वारयामास वै विभुः ॥ ६२ ॥ सप्तरात्रे तु निर्वृत्ते धरण्यां विगतो-
त्सवः ॥ जगाम संवृतो मेघैर्वृत्रहा स्वर्गमुत्तमम् ॥ ६३ ॥ निवृत्ते सप्तरात्रे तु निष्प्रयत्ने शतक्रतौ ॥ गताभ्रे विमले व्योम्नि दिवसे दीप्तभा-
स्करे ॥ ६४ ॥ गावस्तेनैव मार्गेण परिजग्मुर्गतश्रमाः ॥ स्वं च स्थानं ततो घोषः प्रत्ययात्पुनरेव सः ॥ ६५ ॥ कृष्णोऽपि तं गिरिश्रेष्ठं स्व-
स्थाने स्थावरात्मवान् ॥ प्रीतो निवेशयामास शिवाय वरदो विभुः ॥६६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि एकोनविंशोऽध्यायः ॥१९॥

॥६१॥ अपनी प्रतिज्ञा मिथ्या होती देखकर देवराज इन्द्र भगवान कृष्ण द्वारा देवताओंके लिए भी असम्भव कार्यको देख मेघोंको जल बरसानेसे रोक दिया ॥६२॥ एक सप्ताह पूर्ण हो जानेपर इन्द्र विफलमनोरथ होकर मेघोंके साथ अपने उत्तम स्वर्गधामको चले गये ॥ ६३ ॥ मेघोंके निवृत्त हो जानेपर आकाश स्वच्छ हो गया और सूर्यभगवान अपनी प्रदीप्त किरणोंसे जगमगाने लगे। गौओंका सारा कष्ट दूर हो गया और जिस मार्गसे वे गिरिगह्वरमें प्रविष्ट हुई थीं, उसी राह बाहर निकल आयीं। गोपोंके मनमें जब कष्टनिवृत्तिका विश्वास हो गया तो उन्होंने जाकर पूर्ववत् अपने-अपने स्थानपर अधिकार कर लिया ॥६४॥६५॥ उसके बाद स्थावर आत्मा तथा वरदाता भगवान कृष्णने भी प्रसन्न होकर गोवर्द्धन पर्वतको पुनः अपने स्थान-पर रख दिया ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्णका गोविन्दपदपर अभिषेक) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महात्मा कृष्णके इस प्रकार गोवर्द्धन धारण करके गौओंकी रक्षा कर लेनेपर इन्द्र बहुत विस्मित हुए और उन्हें उनके दर्शनोंकी अभिलाषा हुई ॥ १ ॥ तदनन्तर जलशून्य मेघके समान श्वेत, मदस्रावी तथा मतवाले हाथी ऐरावतपर सवार होकर भूलोकमें आये ॥ २ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि परमतेजस्वी कलेवर तथा गोपबालकवेश धारण किये हुए श्रीकृष्ण गोवर्द्धन पर्वतके एक निर्जन प्रदेशमें शिलातलपर बैठे हुए हैं ॥३॥ महान् तेजसे देदीप्यमान उस गोप-वेषधारी बालकको देखकर इन्द्र बहुत प्रसन्न हुए ॥४॥ जलभरे मेघके समान श्याम और श्रीवत्सचिह्नसे सुशोभित कृष्णको इन्द्रने अपने हजारों नयनोंसे भली-भाँति देखा ॥५॥ भूलोकमें देवताके समान परम शोभासम्पन्न भगवान कृष्णको एक शिलाखण्डपर विराजमान देखकर इन्द्र बहुत लज्जित हुए ॥ ६ ॥ सर्पभोजी तथा पक्षिपति गरुड़ अलक्षितभावसे उस समय

वैशम्पायन उवाच ॥ धृतं गोवर्द्धनं दृष्ट्वा परित्रातं च गोकुलम् ॥ कृष्णस्य दर्शनं शक्रो रोचयामास विस्मितः ॥ १ ॥ स निर्जलाम्बुदाकारं मत्तं मदजलोक्षितम् ॥ आरुह्यैरावतं नागमाजगाम महीतलम् ॥ २ ॥ स ददर्शोपविष्टं वै गोवर्द्धनशिलातले ॥ कृष्णमक्लिष्टकर्माणं पुरुहूतः पुरं-दरः ॥ ३ ॥ तं वीक्ष्य बालं महता तेजसा दीप्तमव्ययम् ॥ गोपवेषधरं विष्णुं प्रीतिं लेभे पुरन्दरः ॥ ४ ॥ तं साम्बुजलदश्यामं कृष्णं श्रीवत्सल-क्षणम् ॥ पर्याप्तनयनः शक्रः सर्वैर्नेत्रैरुदैक्षत ॥५॥ दृष्ट्वा चैनं श्रिया जुष्टं मर्त्यलोकेऽमरोपमम् ॥ सूपविष्टं शिलापृष्ठे शक्रः स व्रीडितोऽभवत् ॥६॥ तस्योपविष्टस्य मुखं पक्षाभ्यां पक्षिपुङ्गवः ॥ अन्तर्द्धानं गतश्छायां चकारोरगभोजनः ॥७॥ स विविक्ते वनगतं लोकवृत्तान्ततत्परम् ॥ उपतस्थे गजं हित्वा कृष्णं बलनिषूदनः ॥८॥ स समीपगतस्तस्य दिव्यस्रगनुलेपनः ॥ रराज देवराजो वै वज्रपूर्णकरः प्रभुः ॥९॥ किरीटेनार्कतुल्येन विद्युदुद्यो-तकारिणा ॥ कुण्डलाभ्यां स दिव्याभ्यां सततं शोभिताननः ॥ १० ॥ पञ्चस्तबकलम्बेन हारेणोरसि भूषितः ॥ सहस्रपत्रकान्तेन देहभूषणकारिणा ॥ ईक्षमाणः सहस्रेण नेत्राणां कामरूपिणाम् ॥११॥ त्रिदशज्ञापनार्थेन मेघनिर्घोषकारिणा ॥ अथ दिव्येन मधुरं व्याजहार स्वरेण तम् ॥ १२॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो ज्ञातीनां नन्दिवर्द्धन ॥ अतिदिव्यं कृतं कर्म त्वया प्रीतिमता गवाम् ॥ १३ ॥ मयोत्सृष्टेषु मेघेषु युगान्तावर्तकारिषु ॥ यत्त्वया रक्षिता गावस्तेनास्मि परितोषितः ॥ १४ ॥ स्वायंभुवेन योगेन यश्चायं पर्वतोत्तमः ॥ धृतो वेश्मवदाकाशे को ह्येतेन न विस्मयेत् ॥ १५ ॥

अपने दोनों पंख फैलाकर उनके मस्तकपर छाया किये हुए थे ॥ ७ ॥ लोककल्याणमें संलग्न भगवानको एकान्तमें देखकर वनमाला, शरीरमें दिव्य अनुलेपन, हाथमें वज्र, मस्तकपर विद्युत् तथा सूर्यके समान चमकीला मुकुट, कानोंमें हीरकमणिजटित कुण्डल और वक्षःस्थलपर सहस्रदल कमलके समान पाँच लड़ीके मनोहर हारसे सुशोभित इन्द्र भगवानके समीप पहुँचकर जिस तरह गम्भीर स्वरमें देवताओंको आदेश दिया करते थे, उसी प्रकार अति मधुर स्वरमें कृष्णको सम्बोधन करके बोले—॥८–१२॥ हे महाबाहो कृष्ण ! हे स्वजनोंका आनन्द बढ़ानेवाले दामोदर ! मेरे आदेशानुसार जब प्रलयमेघ जल बरसाने लगे, तब तुमने स्नेहवश गौओंकी रक्षा करके अपनी असाधारण कार्यक्षमता प्रदर्शित की है। यह अद्भुत कार्य देखकर भी तुम्हारे ऊपर बहुत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसन्न हुआ हूँ ॥१३॥१४॥ अपने स्वायंभुव योगके बलसे आकाशमें इस प्रकार गोवर्द्धन उठाकर घर बना देनेका कार्य देखकर भला किसको आश्चर्य न होगा ॥१५॥ जब तुम्हारे द्वारा मेरा पूजन-महोत्सव स्थगित हो गया, तब मैंने ही कुपित होकर गौओंका नाश करनेके लिए सात राततक ऐसी भीषण जलवर्षा की है ॥१६॥ तुम्हारे सिवाय दूसरा कोई देवता या दानव इस वर्षाको नहीं रोक सकता था। मानव देह धारण करके तुमने मुझपर कुपित होकर भी जो अपनी पूर्णता गुप्त रखी है। इससे मेरा बड़ा उपकार हुआ है ॥१७॥१८॥ अब देवकार्य एक प्रकारसे सम्पन्न हो गया। क्योंकि मनुष्यरूप धारण करके तुमने जब ऐसी अनुपम शक्ति धारण की है, तब देवताओंका कार्य अवश्य सिद्ध होगा—उसमें कुछ भी बाकी न रह जायगा। तुम देवताओंके नेता और उनके सब कार्योंके अगुआ हो ॥१९॥२०॥ क्या देवता और क्या मनुष्य, तुम सभी लोगोंका सब कार्य पूर्ण करते हो। तुम्हारे अतिरिक्त मैं और किसीको नहीं देखता कि जो तुम्हारी तरह भार वहन

प्रतिषिद्धे मम महे मयेयं रुषितेन वै ॥ अतिवृष्टिः कृता कृष्ण गवां वै साप्तरात्रिकी ॥ १६ ॥ सा त्वया प्रतिषिद्धेयं मेघवृष्टिर्दुरासदा ॥ देवैः सदा-
नवगणैर्दुर्निवार्या मयि स्थिते ॥ १७ ॥ अहो मे सुप्रियं कृष्ण यत्त्वं मानुषदेहवान् ॥ समग्रं वैष्णवं तेजो विनिगूहसि रोषितः ॥ १८ ॥ साधितं देव-
तानां हि मन्येऽहं कार्यमव्ययम् ॥ त्वयि मानुष्यमापन्ने युक्ते चैव स्वतेजसा ॥ १९ ॥ सेत्स्यते सर्वकार्यार्थो न किंचित्परिहास्यते ॥ देवानां यद्ध-
वान्नेता सर्वकार्यपुरोगमः ॥२०॥ एकस्त्वमसि देवानां लोकानां च सनातनः ॥ द्वितीयं नानुपश्यामि यस्तेषां च धुरं वहेत् ॥२१॥ यथा हि पुङ्गवः
श्रेष्ठो ह्यग्रे धुरि नियोज्यते ॥ एवं त्वमसि देवानां मग्नानां द्विजवाहन ॥ २२ ॥ त्वच्छरीरगतं कृष्ण जगत्प्रकरणं त्विदम् ॥ ब्रह्मणा साधु निर्दिष्टं
धातुभ्य इव काञ्चनम् ॥२३॥ स्वयंभूर्भगवाञ्छ्रेष्ठो बुद्ध्याऽथ वयसाऽपि वा ॥ न त्वाऽनुगन्तुं शक्नोति पंगुर्द्रुतगतिं यथा ॥२४॥ स्थाणुभ्यो हिमवा-
ञ्छ्रेष्ठो ह्रदानां वरुणालयः ॥ गरुत्मान्पक्षिणां श्रेष्ठो देवानां च तथा भवान् ॥२५॥ अपामधस्ताल्लोको वै तस्योपरि महीधराः ॥ नगानामुपरिष्टाद्भूः
पृथिव्युपरि मानुषाः ॥ २६ ॥ मनुष्यलोकादूर्ध्वं तु खगानां गतिरुच्यते ॥ आकाशस्योपरि रविर्द्वारं स्वर्गस्य भानुमान् ॥ २७ ॥ देवलोकः परस्त-
स्माद्विमानगमनो महान् ॥ यत्राहं कृष्ण देवानामैन्द्रे विनिहितः पदे ॥ २८ ॥ स्वर्गादूर्ध्वं ब्रह्मलोको ब्रह्मर्षिगणसेवितः ॥ तत्र सोमगतिश्चैव

कर सके ॥२१॥ जिस तरह अधिक बोझ होनेपर बैलको उसे ढोनेके काममें लगाया जाता है, उसी प्रकार देवताओंका गुरुतर कार्यभार उपस्थित होनेपर तुम्हीं उसे सम्हालते हो ॥२२॥ हे कृष्ण ! यह समस्त ब्रह्माण्ड तुम्हारे शरीरमें स्थित है। जैसे धातुओंमें सुवर्ण सर्वश्रेष्ठ होता है, उसी प्रकार ब्रह्माजीने तुम्हें सर्वश्रेष्ठ बताया है ॥२३॥ जैसे पंगु व्यक्ति किसी द्रुतगामी व्यक्तिके साथ चलनेमें असमर्थ रहता है, उसी प्रकार भगवान ब्रह्मा भी बुद्धि तथा अवस्था किसी भी बातमें आपका अनुसरण करनेमें सर्वथा असमर्थ हैं ॥ २४ ॥ जैसे पर्वतोंमें हिमालय, सरोवरोंमें समुद्र एवं पक्षियोंमें गरुड़ श्रेष्ठ हैं। उसी प्रकार देवताओंमें एकमात्र तुम्हीं सर्वश्रेष्ठ हो ॥२५॥ जलसे नीचे पाताललोक, उसके ऊपर पर्वत, पर्वतके ऊपर पृथिवी, पृथिवीके ऊपर मनुष्य, मनुष्यके ऊपर आकाश, आकाशके ऊपर स्वर्गका द्वार सूर्यलोक और सूर्यलोकके ऊपर विमानचारी देवताओंका लोक विद्यमान है। हे कृष्ण ! वहाँ मुझे देवताओंने इन्द्र-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पदपर बैठाया है ॥ २६-२८ ॥ स्वर्गलोकके ऊपर ब्रह्मर्षियों द्वारा सेवित ब्रह्मलोक है। वहाँपर चन्द्रमा आदि सभी नक्षत्र विद्यमान रहते हैं ॥ २९ ॥ ब्रह्मलोकके ऊपर गोलोक है। साध्यगण उस लोकका रक्षणावेक्षण कार्य करते हैं। वह गोलोक महाकाशमय तथा सर्वव्यापी है ॥३०॥ किन्तु तुम्हारी तपोमयी गति गोलोकके भी ऊपर है। पितामह ब्रह्मासे पूछकर भी हम तुम्हारी गतिका अन्त नहीं जान सके ॥ ३१ ॥ जो लोग दुराचारी हैं, उन्हें अतिशय भीषण नागलोक प्राप्त होता है और कर्मठ लोगोंको कर्मक्षेत्रस्वरूप भूलोक मिलता है ॥ ३२ ॥ जो वायुके समान चंचल जीव रहते हैं, उन्हें आकाश तथा जो लोग शम-दम आदि गुणोंसे विभूषित होकर भले कार्य करते हैं, उन्हें स्वर्गलोक मिलता है।' ३३ ॥ जो ब्रह्म-प्राप्तिके लिए तपश्चर्या करते हैं, उन्हें परमगतिस्वरूप ब्रह्मलोक प्राप्त होता है। किन्तु तपश्चर्या आदि किसी भी उपायसे प्राणीको गोलोक मिलना कठिन है ॥ ३४ ॥ वह गोलोक तुम्हारे

ज्योतिषां च महात्मनाम् ॥ २९ ॥ तस्योपरि गवां लोकः साध्यास्तं पालयन्ति हि ॥ स हि सर्वगतः कृष्ण महाकाशगतो महान् ॥ ३० ॥
उपर्युपरि तत्रापि गतिस्तव तपोमयी ॥ यां न विद्मो वयं सर्वे पृच्छन्तोऽपि पितामहम् ॥ ३१ ॥ लोकस्त्वधो दुष्कृतिनां नागलोकस्तु दारुणः ॥
पृथिवी कर्मशीलानां क्षेत्रं सर्वस्य कर्मणः ॥ ३२ ॥ खमस्थिराणां विषयो वायुना तुल्यवृत्तिनाम् ॥ गतिः शमदमाढ्यानां स्वर्गः सुकृतकर्मणाम्
॥ ३३ ॥ ब्राह्मे तपसि युक्तानां ब्रह्मलोकः परा गतिः ॥ गवामेव तु गोलोको दुरारोहा तु सा गतिः ॥ ३४ ॥ स तु लोकस्त्वया कृष्ण
सीदमानः कृतात्मना ॥ धृतो धृतिमता वीर निघ्नतोपद्रवान्गवाम् ॥ ३५ ॥ तदहं समनुप्राप्तो गवां वाक्येन चोदितः ॥ ब्रह्मणश्च महाभाग
गौरवात्तव चागतः ॥ ३६ ॥ अहं भूतपतिः कृष्ण देवराजः पुरंदरः ॥ अदितेर्गर्भपर्यायै पूर्वजस्ते पुरा कृतः ॥३७॥ स्वतेजस्तेजसा चैव यत्ते दर्शि-
तवानहम् ॥ मेघरूपेण तत्सर्वं क्षन्तुमर्हसि मे विभो ॥ ३८ ॥ एवं क्षान्तमनाः कृष्ण स्वेन सौम्येन तेजसा ॥ ब्रह्मणः शृणु मे वाक्यं गवां च गज-
विक्रम ॥३९॥ आह त्वां भगवान्ब्रह्मा गावश्चाकाशगा दिवि ॥ कर्मभिस्तोषिता दिव्यैस्तव संरक्षणादिभिः ॥ ४० ॥ भवता रक्षिता गावो गोलोकश्च
महानयम् ॥ यद्वयं पुङ्गवैः सार्द्धं वर्द्धामः प्रसवैस्तथा ॥ ४१ ॥ कर्षुकान्पुङ्गवैर्बाह्यैर्मेध्येन हविषा सुरान् ॥ श्रियं शकृत्प्रवृत्तेन तर्पयिष्याम कामगाः

अवतीर्ण होनेके साथ ही इस भूलोकमें आकर दुखी हो रहा था। इस समय तुमने सारा कष्ट दूर करके उसकी रक्षा की है ॥ ३५ ॥ मैं गौओं और साक्षात् ब्रह्माजीके आदेशसे तुम्हारा सम्मानरक्षाके लिए यहाँ आया हूँ ॥ ३६ ॥ हे कृष्ण! मैं सब प्राणियोंका अधिपति देवराज इन्द्र हूँ। अदितिके गर्भसे पहले जन्म पानेके कारण मैं तुमसे ज्येष्ठ हूँ ॥ ३७ ॥ अतएव मैंने मेघरूपसे जलकी वर्षा करके तुम्हारा जो प्रभाव प्रदर्शित किया है, सो हे विभो! अपने धैर्यगुणसे मेरा वह अपराध क्षमा कर दो ॥ ३८ ॥ हे कृष्ण! तुम अपना मन क्षमाशील बनाकर लोकपितामह ब्रह्मा तथा स्वर्गस्थ गौओंने मुझसे जो कहा है, उसे सुनो ॥ ३९ ॥ उनका कहना है कि "हम तुम्हारे गोरक्षण आदि कार्योंको देखकर बहुत प्रसन्न हुए हैं ॥ ४० ॥ तुमने अपने प्रभावसे गौओं तथा महान् गोलोककी रक्षा की है। अब हम गौवें साँड़ोंके साथ सुखसे रहकर सन्तानवृद्धि कर सकेंगी ॥४१॥ अब बैलों द्वारा हल जोतने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आदि कार्योंके द्वारा किसानोंको, पवित्र घृत द्वारा देवताओंको और गोबर द्वारा लक्ष्मीजीको तृप्तिलाभ होगा ॥ ४२ ॥ तुम हमारे गुरु और प्राणदाता हो, सो आजसे तुम हमारे इन्द्र बन जाओ ॥ ४३ ॥ हे कृष्ण ! मैं दिव्य जलसे पूर्ण स्वर्णकलश अपने साथ लाया हूँ । अतएव इसी समय तुम इन्द्रपदपर अपना अभिषेक करा लो ॥ ४४ ॥ मैं देवताओंका इन्द्र हूँ और तुम गौओंके इन्द्र बन गये । आजसे संसारमें तुम 'गोविन्द' नामसे बखाने जाओगे ॥ ४५ ॥ जब गौओंने तुम्हें मुझसे ऊँचा इन्द्रपद प्रदान किया है तो आजसे तुम स्वर्गमें 'उपेन्द्र' कहलाओगे ॥ ४६ ॥ मेरे लिए निश्चित जो चार मास वर्षाकालके कहे गये हैं, उनमेंसे अन्तिम दो मास मैं तुम्हें प्रदान कर रहा हूँ । वे दोनों मास शरद् कहलायेंगे ॥ ४७ ॥ आजसे वर्षाकालके मेरे केवल दो मास माने जायँगे । मेरे दो मास व्यतीत होनेके बाद तुम्हारी ध्वजाकी पूजा हुआ करेगी ॥ ४८ ॥ क्योंकि उन दिनों मयूर वर्षाजनित मदको त्याग

॥४२॥ तदस्माकं गुरुस्त्वं हि प्राणदश्च महाबलः ॥ अद्यप्रभृति नो राजा त्वमिन्द्रो वै भव प्रभो ॥४३॥ तस्मात्त्वं काञ्चनैः पूर्णैर्दिव्यस्य पयसो घटैः ॥ एभिरद्याभिषिञ्चस्व मया हस्तावनामितैः॥४४॥अहं किलेन्द्रो देवानां त्वं गवामिन्द्रतां गतः ॥ गोविन्द इति लोकास्त्वां स्तोष्यन्ति भुवि शाश्वतम् ॥४५॥ ममोपरि यथेन्द्रस्त्वं स्थापितो गोभिरीश्वरः ॥ उपेन्द्र इति कृष्ण त्वां गास्यन्ति दिवि देवताः ॥ ४६ ॥ ये चेमे वार्षिका मासाश्चत्वारो विहिता मम ॥ एषामर्द्धं प्रयच्छामि शरत्कालं तु पश्चिमम् ॥ ४७ ॥ अद्यप्रभृति मासौ द्वौ ज्ञास्यन्ति मम मानवाः ॥ वर्षार्द्धे च ध्वजो मह्यं ततः पूजामवाप्स्यसि ॥ ४८ ॥ ममाम्बुप्रभवं दर्पं तदा त्यक्ष्यन्ति बर्हिणः ॥ अल्पवाचो गतमदा ये चान्ये मेघनादिनः ॥ ४९ ॥ शान्तिं सर्वे गमिष्यन्ति मम कालविचारिणः ॥ त्रिशंक्वगस्त्यचरितामाशां च प्रचरिष्यति ॥ ५० ॥ सहस्ररश्मिरादित्यस्तापयन्स्वेन तेजसा ॥ ततः शरदि युक्तायां मौनकामेषु बर्हिषु ॥ ५१ ॥ याचमाने खगे तोयं विप्लुतेषु प्लवेषु च ॥ हंससारसपूर्णेषु नदीनां पुलिनेषु च ॥ ५२ ॥ मत्तक्रौञ्चप्रणादेषु प्रमत्तवृषभेषु च ॥ गोषु चैव प्रहृष्टासु क्षरन्तीषु पयो बहु ॥ निवृत्तेषु च मेघेषु निर्यात्य जगतो जलम् ॥ ५३ ॥ आकाशे शस्त्रसंकाशे हंसेषु च चरत्सु च ॥ जातपद्मेषु तोयेषु वापीषु च सरःसु च ॥ ५४ ॥ तडागेषु च कान्तेषु तोयेषु विमलेषु च ॥ कलमावनताग्रासु कृष्णकेदारपङ्क्तिषु ॥ ५५ ॥ मध्यस्थं

देंगे । उनके अतिरिक्त वर्षाके आगमनसे मस्त हो जानेवाले सभी जीव शान्त भाव धारण कर लेंगे ॥ ४९ ॥ सहस्ररश्मि सूर्य अपनी प्रखर किरणोंसे सारे संसारको सन्तप्त करेंगे और अगस्त्य त्रिशंकुके अधिष्ठित दक्षिण दिशामें भ्रमण करने लगेंगे ॥ ५० ॥ ५१ ॥ उस समय मयूर चुप हो जायँगे और चातक (पपीहा) जलकी याचना करने लगेंगे । नौकायें मासमान हो उठेंगी और नदियोंके तट हंसों-सारसोंसे भर जायँगे ॥ ५२ ॥ चारों ओर मस्त क्रौंच पक्षियोंका शब्द गूँजेगा और साँड़ मतवाले हो उठेंगे । गौएँ प्रसन्न तथा दुधार हो जायँगी । मेघ संसारको भरपूर जल देकर लौट जायँगे ॥ ५३ ॥ आकाश स्वच्छ नीलिमा धारण कर लेगा और हंस विचरने लगेंगे । बावलियों तथा सरोवरोंके जलमें कमल खिल जायँगे ॥ ५४ ॥ और उनका जल निर्मल हो जायगा । खेतोंमें लगे अगहनी धानोंकी बालें भारसे झुक जायँगी ॥५५॥ नदियोंका जल सिमटकर उनके पेटमें चला जायगा । सभी खेत ऊँख तथा मुनिजन-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मनोहर अन्नोंसे परिपूर्ण हो जायेंगे ॥ ५६ ॥ उस समय वर्षा समाप्त हो जानेके कारण पृथिवी विस्तृत हो जायगी। रास्ते साफ-सुथरे दीखने लगेंगे और अन्न आदि सभी ओषधियाँ तथा घासें फलवती हो जायँगी। उन दिनों शरद् ऋतुमें होनेवाले यज्ञ प्रारम्भ हो जायँगे ॥५७॥ ऐसे सुन्दर समयमें शरद् ऋतुका आगमन होगा। उस समय तुम भी निद्रा त्यागकर जाग जाओगे। हे कृष्ण! स्वर्गके समान इस संसारमें जो लोग ध्वजाके आकारकी यष्टियोंपर इन्द्र-उपेन्द्र (हमारा-तुम्हारा) का पूजन करके प्रणाम करेंगे, उन लोगोंपर कभी किसी प्रकारकी विपत्ति नहीं आयेगी ॥ ५८–६० ॥ तदनन्तर देवराज इन्द्र मन्दाकिनी (स्वर्गगङ्गा) के जलसे पूर्ण कलश लेकर कृष्ण भगवानका गोविन्दपदपर अभिषेक करने लगे ॥ ६१ ॥ उस अवसरपर स्वर्गकी गौवें उनके ऊपर दुग्धाकी वर्षा करने लगीं ॥ ६२ ॥ चारों ओरसे एकत्र होकर बादलों तथा वनस्पतियोंने उनपर चन्द्रकिरण सदृश उज्ज्वल तथा अमृत-

सलिलारम्भं कुर्वन्तीषु नदीषु च ॥ सुसस्यायां च सीमायां मनोहार्यां मुनेरपि ॥ ५६ ॥ पृथिव्यां पृथुराष्ट्रायां रम्यायां वर्षसंक्षये ॥ श्रीमत्सु पङ्क्तिमार्गेषु फलवत्सु तृणेषु च ॥ इक्षुमत्सु च देशेषु प्रवृत्तेषु मखेषु च ॥ ५७ ॥ ततः प्रवर्त्स्यते पुण्या शरत्सुप्तोत्थिते त्वयि ॥ लोकेऽस्मिन्कृष्ण निखिले यथैव त्रिदिवे तथा ॥ ५८ ॥ नरास्त्वां चैव मां चैव ध्वजाकारासु यष्टिषु ॥ महेन्द्रं चाप्युपेन्द्रं च महयन्ति महीतले ॥ ५९ ॥ ये चावयोः स्थिरे वृत्ते महेन्द्रोपेन्द्रसंज्ञिते ॥ मानवाः प्रणमिष्यन्ति तेषां नास्त्यनयागमः ॥ ६० ॥ ततः शक्रस्तु तान्गृह्य घटान्दिव्यपयोधरान् ॥ अभिषेकेण गोविन्दं योजयामास योगवित् ॥ ६१ ॥ दृष्ट्वा तमभिषिक्तं तु गावस्ताः सह यूथपैः ॥ स्तनैः प्रस्नवयुक्तैश्च सिषिचुः कृष्णमव्ययम् ॥ ६२ ॥ मेघाश्च दिवि युक्ताभिः सामृताभिः समन्ततः ॥ सिषिचुस्तोयधाराभिरभिषिच्य तमव्ययम् ॥ ६३ ॥ वनस्पतीनां सर्वेषां सुस्रावेन्दुनिभं पयः ॥ ववर्षुः पुष्पवर्षं च नेदुस्तूर्याणि चाम्बरे ॥ ६४ ॥ अस्तुवन्मुनयः सर्वे वाग्भिर्मन्त्रपरायणाः एकार्णवे विविक्तं च दधार वसुधा वपुः ॥ ६५ ॥ प्रसादं सागरा जग्मुर्ववुर्वाता जगद्धिताः ॥ मार्गस्थोऽपि बभौ भानुश्चन्द्रो नक्षत्रसंयुतः ॥६६॥ ईतयः प्रशमं जग्मुर्निर्वैररचना नृपाः ॥ प्रवालपत्रशबलाः पुष्पवन्तश्च पादपाः ॥ ६७ ॥ मदं प्रसुस्रुवुर्नागा यातास्तोषं वने मृगाः ॥ अलंकृता गात्ररुहैर्धातुभिर्भान्ति पर्वताः ॥ ६८ ॥ देवलोकसमो लोकस्तृप्तोऽमृतरसैरिव ॥ आसीत्कृष्णाभिषेको हि दिव्यस्वर्गरसोक्षितः ॥ ६९ ॥ अभिषिक्तं तु तं गोभिः शक्रो गोविन्दमव्ययम् ॥ दिव्यमाल्याम्ब-

मय जल बरसाया। सहसा स्वर्गसे पुष्पवृष्टि होने लगी और देवताओंकी तुड़हियाँ बजने लगीं ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ मुनिजन विविध मन्त्रोंका उच्चारण करके भगवानकी स्तुति करने लगे और पृथिवीने तो मानो एकार्णवसे पृथक् अपनी स्थिति बना ली ॥ ६५ ॥ सभी समुद्र प्रसन्न हो गये और जगत्के लिए कल्याणकारी हवा बहने लगी। सूर्य अपने अयनमें स्थित हो गये। चन्द्रमा नक्षत्रोंके बीच सुशोभित हो गये ॥ ६६ ॥ अनावृष्टि-अतिवृष्टि प्रभृति सभी प्रकारकी ईतियाँ (दुष्काल) नष्ट हो गयीं और राजाओंका पारस्परिक वैर शान्त हो गया। सभी वृक्ष फल-पुष्प तथा नवपल्लवोंसे लद गये ॥ ६७ ॥ आनन्दातिरेकके कारण मतवाले हाथियोंके मस्तकसे मद बहने लगा। वनैले जीव प्रसन्न हो गये। पर्वत अपने ऊपर उगे वृक्षों तथा गैरकादि धातुओंसे अलंकृत हो उठे ॥ ६८ ॥ उस समय समस्त भूलोक देवलोकके समान स्वर्गीय अमृतरससे परितृप्त हो गया। क्योंकि भगवान कृष्णका अभिषेक हो रहा था

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ६९ ॥ इस प्रकार मन्दाकिनीके जलसे अभिषेक हो जानेपर देवराज इन्द्रने दिव्यमाल्याम्बरधारी गोविन्दका सम्बोधन करके कहा—हे केशव ! तुमने गौओंके प्रति जिस कर्तव्य-का पालन किया है, वही मेरा प्रधान उद्देश्य था। इसके सिवाय मैं और जिस कामसे यहाँ आया हूँ, वह भी बता रहा हूँ। सुनो—॥ ७० ॥ ७१ ॥ कंस, तुरगाधम केशी एवं सतत अविनाशी और मदमत्त अरिष्ट असुरका शीघ्र विनाश करो। इसके बाद सुखसे राज्य करो ॥ ७२ ॥ तुम्हारी बुआ कुन्तीके गर्भसे मेरा अंश तथा मेरे ही सदृश एक पुत्र उत्पन्न हुआ है। उसका नाम अर्जुन है। उसके साथ मित्रता करके सदा उसकी रक्षा करना। तुम्हारी अनुकम्पा हो जानेपर उसका भी स्वभाव तुम्हारे ही जैसा हो जायगा। तुम्हारे अधीन हो जानेपर वह संसारमें अतुलित कीर्तिलाभ करेगा ॥ ७३ ॥ ७४ ॥ भारतवंशमें उसके समान धनुर्धर और कोई नहीं होगा। तुम्हें त्यागकर उसे क्षणभर भी कहीं चैन न मिलेगी ॥ ७५ ॥ महाभारतका युद्ध तुम्हारे और उसके अधीन रहेगा। हे सुरेश्वर ! मैंने देवताओं तथा ऋषियोंके बीचमें ऐसी प्रतिज्ञा की है कि तुम्हारे और

रधरं देवदेवोऽब्रवीदिदम् ॥ ७० ॥ एष ते प्रथमः कृष्ण नियोगो गोषु यः कृतः ॥ श्रूयतामपरं कृष्ण ममागमनकारणम् ॥ ७१ ॥ क्षिप्रं प्रसाध्यतां कंसः केशी च तुरगाधमः ॥ अरिष्टश्च मदाविष्टो राजराज्यं ततः कुरु ॥ ७२ ॥ पितृष्वसरि जातस्ते ममांशोऽहमिव स्थितः ॥ स ते रक्ष्यश्च मान्यश्च सख्ये च विनियुज्यताम् ॥ ७३ ॥ त्वया ह्यनुगृहीतः सन् तव वृत्तानुवर्तकः ॥ त्वद्वशे वर्त्तमानश्च प्राप्स्यते विपुलं यशः ॥ ७४ ॥ भारतस्य च वंशस्य स वरिष्ठो धनुर्धरः ॥ भविष्यत्यनुरूपश्च त्वदृते न च रंस्यते ॥ ७५ ॥ भारतं त्वयि चायत्तं तस्मिंश्च पुरुषोत्तमे ॥ उभाभ्यामपि संयोगे यास्यन्ति निधनं नृपाः ॥ ७६ ॥ प्रतिज्ञातं मया कृष्ण ऋषिमध्ये सुरेश्वर ॥ मया पुत्रोऽर्जुनो नाम सृष्टः कुन्त्यां कुलोद्वहः ॥ ७७ ॥ सोऽस्त्राणां पारतत्त्वज्ञः श्रेष्ठश्चापविकर्षणे ॥ तं प्रवेक्ष्यन्ति वै सर्वे राजानः शस्त्रयोधिनः ॥७८॥ अक्षौहिणीस्तु शूराणां राज्ञां संग्रामशालिनाम् ॥ स एकः क्षत्र-धर्मेण योजयिष्यति मृत्युना ॥ ७९ ॥ तस्यास्त्रचरितं मार्गं धनुषो लाघवेन च ॥ नानुयास्यन्ति राजानो देवा वा त्वां विना प्रभो ॥ ८० ॥ स ते बन्धुः सहायश्च संग्रामेषु भविष्यति ॥ तस्य योगो विधातव्यस्त्वया गोविन्द मत्कृते ॥८१॥ द्रष्टव्यश्च यथाऽहं वै त्वया मान्यश्च नित्यशः ॥ ज्ञाता त्वमेव लोकानामर्जुनस्य च नित्यशः ॥८२॥ त्वया च नित्यं संरक्ष्य आहवेषु महत्सु सः ॥ रक्षितस्य त्वया तस्य न मृत्युः प्रभविष्यति ॥८३॥ अर्जुनं विद्धि मां

अर्जुनके सहयोगसे संसारके राजे मारे जायँगे। कुन्तीके गर्भसे मेरा वह पुत्र अर्जुन जन्म ले चुका है ॥ ७६ ॥ ७७ ॥ अर्जुन अस्त्रविद्यामें पूर्णरूपसे पारंगत है और धनुर्विद्यामें तो वह सर्वश्रेष्ठ है ही। महाबली तथा महापराक्रमी राजे अनेक अक्षौहिणी सेना लेकर उसके साथ युद्ध करेंगे, किन्तु वह अकेला वीर क्षत्रियधर्मके अनुसार लड़ता हुआ उन सबको यमराजके घर भेज देगा ॥७८॥७९॥ राजाओंकी बात तो दूर रही, तुम्हारे सिवाय अन्य देवता भी उसके शस्त्रोंके समक्ष नहीं टिक सकेंगे ॥८०॥ युद्धभूमिमें अर्जुन जिस तरह तुम्हारी सहायता करेगा, उसी तरह तुम भी उसकी सहायता करना। यह हमारा विशेष अनुरोध है। तुम उसको सभी अज्ञात बातें बता देना ॥ ८१ ॥ जिस प्रकार तुम मुझे देखते हो, उसी प्रकार उसे भी देखते हुए सदा स्नेह रखना। सर्वदा उसपर कृपादृष्टि रखते हुए भीषण युद्धके समय उसकी रक्षा करते रहना। यदि तुम उसके रक्षक रहोगे तो मृत्यु भी उसका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ न बिगाड़ पायेगी ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ हे कृष्ण ! मुझे ही अर्जुन समझो। जैसे मैं तुम्हारी आत्मा हूँ, वैसे ही अर्जुन भी तुम्हारा अनुचर है ॥ ८४ ॥ वामन अवतारके समय तुमने सारी त्रिलोकीको पराजित करके बलिको बाँध लिया था। बादमें मुझे अपनेसे ज्येष्ठ समझकर देवलोकका आधिपत्य प्रदान किया था ॥ ८५ ॥ सत्यस्वरूप तथा सत्यविक्रम समझकर देवता शत्रुपर विजय प्राप्त करनेके लिए तुम्हें ही नियुक्त करते हैं ॥८६॥ अर्जुन मेरा पुत्र और तुम्हारे पिता वसुदेवकी बहिनका बालक है। अतएव ऐसा कुछ करना कि जिससे तुम्हारे साथ उसकी मैत्री बढ़े और वह सदा तुम्हारा सहचर बना रहे ॥ ८७ ॥क्या घर और क्या रणभूमि, सर्वत्र तुम वृषभकी भाँति उसका भार वाहन करना ॥ ८८ ॥ तुम्हारे हाथों कंसका विनाश होते ही चारों ओरसे अगणित राजाओंके साथ भीषण युद्ध छिड़ जायगा ॥ ८९ ॥ उस युद्धमें अर्जुन उन सभी राजाओंको परास्त करेगा, जो मानवता त्यागकर

कृष्ण मां चैवात्मानमात्मना ॥ आत्मा तेऽहं यथा शश्वत्तथैव तव सोऽर्जुनः ॥८४॥ त्वया लोकानिमाञ्जित्वा बलेर्हस्तात्त्रिभिः क्रमैः ॥ देवतानां कृतो राजा पुरा ज्येष्ठक्रमादहम् ॥ ८५ ॥ त्वां च सत्यमयं ज्ञात्वा सत्येष्टं सत्यविक्रमम् ॥ सत्येनोपेत्य देवा वै योजयन्ति रिपुक्षये ॥ ८६ ॥ सोऽर्जुनो नाम मे पुत्रः पितुस्ते भगिनीसुतः ॥ इह सौहार्दमायातु भूत्वा सहचरः पुरा ॥ ८७ ॥ तस्य ते युध्यतः कृष्ण स्वस्थानेऽपि गृहेऽपि वा ॥ वोढव्या पुङ्गवेनेव धूः सदा रणमूर्धनि ॥ ८८ ॥ कंसे विनिहते कृष्ण त्वया भाव्यर्थदर्शिना ॥ अभितस्तन्महद्युद्धं भविष्यति महीक्षिताम् ॥ ८९ ॥ तत्र तेषां नृवीराणामतिमानुषकर्मणाम् ॥ विजयस्यार्जुनो भोक्ता यशसा त्वं च योक्ष्यसे ॥ ९० ॥ एतन्मे कृष्ण कार्त्स्न्येन कर्तुमर्हसि भाषितम् ॥ यद्यहं ते सुराश्चैव सत्यं च प्रियमच्युत ॥ ९१ ॥ शक्रस्य वचनं श्रुत्वा कृष्णो गोविन्दतां गतः ॥ प्रीतेन मनसा युक्तः प्रतिवाक्यं जगाद ह ॥ ९२ ॥ प्रीतोऽस्मि दर्शनादेव तव शक्र शचीपते ॥ यत्त्वयाऽभिहितं चेदं न किञ्चित्परिहास्यते ॥ ९३ ॥ जानामि भवतो भावं जानाम्यर्जुनसंभवम् ॥ जाने पितृष्वसारं च पांडोर्दत्तां महात्मनः ॥ ९४ ॥ युधिष्ठिरं च जानामि कुमारं धर्मनिर्मितम् ॥ भीमसेनं च जानामि वायोः संतानजं सुतम् ॥ ९५ ॥ अश्विभ्यां साधु जानामि सृष्टं पुत्रद्वयं शुभम् ॥ नकुलं सहदेवं च माद्रीकुक्षिगतावुभौ ॥ ९६ ॥ कानीनं चापि जानामि

पशुतापर उतर आये होंगे। ऐसा होनेसे अर्जुनकी विजय होगी और तुम्हारा यश असीम हो उठेगा ॥ ९० ॥ इस प्रकार मैंने अपना मंतव्य बता दिया। अब यदि मेरे प्रति, देवताओंके प्रति और सत्यके प्रति तुम्हारी आस्था तो हो मेरे बताये हुए कार्योंको पूर्ण करना ॥ ९१ ॥ हे महाराज जनमेजय ! गोविन्दपदको प्राप्त भगवान कृष्ण इन्द्रके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और बोले—॥ ९२ ॥ हे शचीपति इन्द्र ! आपका दर्शन पाकर ही मुझे बड़ा आनन्द मिला। आपने जो कहा है, उसे पूर्ण करनेमें तनिक भी त्रुटि न होगी ॥ ९३ ॥ मैं आपका मनोभाव जानता हूँ। मेरी बुआ कुन्ती महात्मा पाण्डुको ब्याही गयी थीं। उन्हीं कुन्तीके गर्भसे आपके द्वारा अर्जुन, धर्म द्वारा युधिष्ठिर, वायु द्वारा भीम तथा अश्विनीकुमारोंके द्वारा माद्रीतनय नकुल और सहदेवका जन्म हुआ है ॥ ९४–९६ ॥ कुन्तीकी कन्यावस्थामें सर्वप्रथम सूर्य द्वारा कर्णने जन्म लिया था। इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समय कर्ण सूतपुत्र हो गया है ॥ ९७ ॥ शापके कारण महात्मा पांडु इस समय तटस्थ हैं और धृतराष्ट्रके दुर्योधन आदि पुत्र युद्धलोलुप हो गये हैं ॥ ९८ ॥ अतएव हे इन्द्र ! अब आप स्वर्ग जाकर देवताओंको सुखी करिए। मेरे रहते कभी भी अर्जुनको शत्रुसे तिरस्कृत न होना पड़ेगा ॥ ९९ ॥ अर्जुनके लिए सब पाण्डव भी अक्षतशरीर होकर रणभूमिमें टिके रहेंगे। महाभारतका युद्ध समाप्त हो जानेपर मैं अर्जुनको कुन्तीके हाथों सौंप दूँगा ॥ १०० ॥ आपका पुत्र अर्जुन मुझसे जब जो भी कहेगा, आपके स्नेहवश मैं तत्काल सेवकके समान उसका सब कार्य पूर्ण कर दूँगा ॥ १०१ ॥ देवराज इन्द्र सत्यप्रतिज्ञ कृष्णके इस प्रकार मधुर वचन सुनकर अपने स्वर्गधामको चले गये ॥ १०२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां विंशोऽध्यायः ॥ २० ॥

सवितुः प्रमथं सुतम् ॥ पितृष्वसरि पुत्रं वै प्रसूतं सूततां गतम् ॥ ९७ ॥ धार्त्तराष्ट्राश्च मे सर्वे विदिता युद्धकांक्षिणः ॥ पाण्डोरुपरमं चैव शापाशनिनिपातजम् ॥ ९८ ॥ तद्गच्छ त्रिदिवं शक्र सुखाय त्रिदिवौकसाम् ॥ नार्जुनस्य रिपुः कश्चिन्ममाग्रे प्रभविष्यति ॥९९॥ अर्जुनार्थे च तान्सर्वान्पाण्डवानक्षतान्युधि ॥ कुन्त्या निर्यातयिष्यामि निवृत्ते भारते मृधे ॥ १०० ॥ यच्च वक्ष्यति मां शक्र तनूजस्तव सोऽर्जुनः ॥ भृत्यवत्तत्करिष्यामि तव स्नेहेन यन्त्रितः ॥ १०१ ॥ सत्यसन्धस्य तच्छ्रुत्वा प्रियं प्रीतस्य भाषितम् ॥ कृष्णस्य साक्षात्त्रिदिवं जगाम त्रिदशेश्वरः ॥ १०२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि गोविन्दाभिषेको नाम विंशोऽध्यायः ॥ २० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ गते शक्रे ततः कृष्णः पूज्यमानो व्रजालयैः ॥ गोवर्द्धनधरः श्रीमान्विवेश व्रजमेव ह ॥ १ ॥ तं स्म वृद्धाऽभिनन्दन्ति ज्ञातयश्च सहोषिताः ॥ धन्याः स्मोऽनुगृहीताः स्मस्त्वद्वृत्तेन नयेन च ॥ २ ॥ गावो वर्षभयात्तीर्णा वयं तीर्णा महाभयात् ॥ तव प्रसादाद्गोविन्द देवतुल्यपराक्रम ॥ ३ ॥ अमानुषाणि कर्माणि तव पश्याम गोपते ॥ धारणेनास्य शैलस्य विद्मस्त्वां कृष्ण दैवतम् ॥ ४ ॥ कस्त्वं भवसि रुद्राणां मरुतां च महाबलः ॥ वसूनां वा किमर्थं च वसुदेवः पिता तव ॥५॥ बलं च बाल्ये क्रीडा च जन्म चास्मासु गर्हितम् ॥ कृष्ण दिव्या च ते चेष्टा शङ्कितानि मनांसि नः ॥ ६ ॥ किमर्थं गोपवेषेण रमसेऽस्मासु गर्हितम् ॥ लोकपालोपमश्चैव गास्त्वं किं परिरक्षसि ॥ ७॥ देवो वा दानवो वा त्व

(भगवान कृष्णकी रासलीला) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इन्द्रके देवलोक चले जानेपर गोवर्द्धनधारी कृष्ण व्रजवासियों द्वारा सम्मानित होकर व्रजमें जा उपस्थित हुए ॥१॥ वहाँके वृद्ध गोप परम प्रसन्न होकर भगवानका अभिनन्दन करते हुए कहने लगे—हे कृष्ण ! तुम्हारे सुस्वभाव तथा न्यायपरायणतासे हमलोग धन्य तथा कृतकृत्य हो गये ॥२॥ तुम्हारी कृपासे गौवें वर्षाके भयसे बच गयीं और हमलोग महान् भयसे छुटकारा पा गये ॥ ३ ॥ हे गोविन्द ! तुम्हारे लोकोत्तर कार्योंको देखकर हमलोगोंको बहुत आश्चर्य हुआ है। इस पर्वतको धारण करनेके कारण हम तुमको देवता समझने लगे हैं ॥ ४ ॥ तुम रुद्रगणों तथा वसुओंमेंसे कोई अन्यतम देवता हो। तब वसुदेव तुम्हारे पिता कैसे हुए ? ॥५॥ तुम्हारा पराक्रम, तुम्हारी बाललीला, तुम्हारा गर्हित गोपकुलमें जन्म और तुम्हारे अलौकिक कार्योंको देखकर हमारे मनमें सन्देह होता है ॥ ६ ॥ लोकपाल सदृश प्रभावशाली होते हुए भी तुम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गोपवेशमें हमारे साथ क्यों खेलते और गायें चराते हो ? ॥ ७ ॥ तुमने देव, दानव, यक्ष या गन्धर्व होकर भी हमारे बीच जन्म ग्रहण किया है। अस्तु, तुम चाहे जो हो। हम तुम्हें नमस्कार करते हैं ॥८॥ यदि किसी कार्यविशेषके लिए तुम यहाँ निवास करते हो तो हम तुम्हारे शरणागत अनुचर हैं ॥९॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज जनमेजय! कमलदलनयन भगवान कृष्ण गोपोंके वचन सुनकर मुसकाने लगे और वहाँपर एकत्रित अपने ज्ञातिबन्धुओंसे बोले—॥१०॥ आप लोग मुझे जो समझ रहे हैं, वह मैं नहीं हूँ। मैं तो आपका सजातीय बन्धु हूँ ॥ ११ ॥ यदि मेरे विषयमें आप लोगोंकी विशेष जिज्ञासा हो तो समयकी प्रतीक्षा करिए। समय आनेपर आप मेरे विषयकी सारी बातें सुन और देख लेंगे ॥१२॥ यदि मुझपर अनुग्रह करके मुझे देवतुल्य बान्धव समझ सकें तो वैसा ही करिए। उस विषयको जाननेका प्रयोजन हो क्या है? ॥१३॥ हे महाराज! भगवान कृष्णके वचन सुनकर गोपगण मौनावलम्बन-

यक्षो गन्धव एव वा ॥ अस्माकं बान्धवो जातो योऽसि सोऽसि नमोऽस्तु ते ॥ ८ ॥ केनचिद्यदि कार्येण वससीह यदृच्छया ॥ वयं तवानुगाः
सर्वे भवन्तं शरणं गताः ॥ ९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ गोपानां वचनं श्रुत्वा कृष्णः पद्मदलेक्षणः ॥ प्रत्युवाच स्मितं कृत्वा ज्ञातीन्सर्वान्समाग-
तान् ॥ १० ॥ मन्यन्ते मां यथा सर्वे भवन्तो भीमविक्रमम् ॥ तथाहं नावमन्तव्यः स्वजातीयोऽस्मि बान्धवः ॥ ११ ॥ यदि त्ववश्यं श्रोतव्यं कालः
संप्रतिपाल्यताम् ॥ ततो भवन्तः श्रोष्यन्ति मां च द्रक्ष्यन्ति तत्त्वतः ॥ १२ ॥ यद्यहं भवतां श्लाघ्यो बान्धवो देवसप्रभः ॥ परिज्ञानेन किं कार्यं
यद्येषोऽनुग्रहो मम ॥ १३ ॥ एवमुक्तास्तु ते गोपा वसुदेवसुतेन वै ॥ बद्धमौना दिशः सर्वे भेजिरे पिहिताननाः ॥ १४ ॥ कृष्णस्तु यौवनं दृष्ट्वा
निशि चन्द्रमसो वनम् ॥ शारदीं च निशां रम्यां मनश्चक्रे रतिं प्रति ॥ १५ ॥ सकरीषाङ्गरागासु व्रजरथ्यासु वीर्यवान् ॥ वृषाणां जातदर्पाणां
युद्धानि समयोजयत् ॥ १६ ॥ गोपालांश्च बलोदग्रान् योधयामास वीर्यवान् ॥ वने स वीरो गाश्चैव जग्राह ग्राहवद्विभुः ॥ १७ ॥ युवतीर्गोपकन्याश्च
रात्रौ संकाल्य कालवित् ॥ कैशोरकं मानयन् वै सह ताभिर्मुमोद ह ॥ १८ ॥ तास्तस्य वदनं कान्तं कान्ता गोपस्त्रियो निशि ॥ पिबन्ति नयना-
क्षेपैर्गां गतं शशिनं यथा ॥ १९ ॥ हरितालार्द्रपीतेन सकौशेयेन वाससा ॥ वसानो भद्रवसनं कृष्णः कान्ततरोऽभवत् ॥ २० ॥ स बद्धाङ्गदनिर्व्यू-

पूर्वक अपना-अपना मुँह बन्द करके इधर-उधर खिसक गये ॥१४॥ इधर श्रीकृष्ण चन्द्रमाको निखरी हुई यौवनावस्था एवं अतिशय मनोहर शारदीया निशाका अवलोकन करके क्रीड़ा करनेका विचार करने लगे ॥ १५ ॥ तदनुसार उसी रात्रिके समय उन्होंने उपलोंसे भरे व्रजमें मस्त बैलों तथा बलवान् गोपोंकी परस्पर युद्धयोजना प्रस्तुत कर दी ॥ १६ ॥ स्वयं नाक-घड़ियालकी तरह गौओंको पकड़ने और बलवान् गोपोंको उनसे लड़ाने लगे ॥ १७ ॥ उन्होंने यह समझ लिया था कि अब मेरी किशोरावस्था आगयी है। यह सोचकर वे उसी मदमाती रात्रिके समय युवती गोपियों तथा गोपकन्याओंको बुलाकर उनके साथ विहार करने लगे ॥ १८ ॥ वे अतिशय सुन्दरी गोपियाँ पृथिवीपर उतरे हुए चन्द्रमाके समान सुन्दर भगवान कृष्णको निर्निमेष दृष्टिसे निहारने लगीं ॥ १९ ॥ उस समय भगवान हरितालके समान पीला रेशमी पीताम्बर पहने रहनेसे और भी सुन्दर दीख रहे थे ॥ २० ॥ विचित्र वनमाला तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

केयूर धारण किये रहनेके कारण उनकी अङ्गशोभासे सारा व्रजमण्डल आलोकित हो उठा ॥ २१ ॥ वे गोपाङ्गनाएं कृष्णका कार्यकलाप देखकर उन्हें 'दामोदर' कहकर बुलाने और पोढ़े स्तनोंवाले वक्षस्थलसे चिपकाकर अपने घूर्णित नेत्रोंसे निहारने लगीं ॥२२॥२३॥ उनके पिता, माता, पति तथा भाई यद्यपि रोकने लगे। फिर भी वे उस मनोहर रात्रिके समय कृष्णके साथ विहार करनेके लिए उन्हें खोजने लगीं ॥२४॥ वे झुण्डकी झुण्ड गोपियाँ मण्डलाकार खड़ी हो गयीं और मनोनीत श्रीकृष्णका कभी बीचमें और कभी बगलमें लेकर कृष्णचरित्रके गीत गाने लगीं ॥२५॥ वे सुन्दरियाँ सब तरहसे श्रीकृष्णका ही अनुकरण, उन्हींका अवलोकन तथा अनुसरण कर रही थीं ॥२६॥ कुछ गोपियाँ हाथसे तालियाँ बजातीं, विविध भावभंगी प्रदर्शन करतीं तथा कृष्णचरित्र गाती हुई भ्रमण करने लगीं ॥ २७ ॥ अन्तमें सभी गोपियाँ कृष्णके समान नाचने, उन्हींके समान गाने तथा श्रीकृष्णकी तरह ही आँखें मटकाती हुई

हश्चित्रया वनमालया ॥ शोभमानो हि गोविन्दः शोभयामास तद्व्रजम् ॥ २१ ॥ नाम दामोदरेत्येवं गोपकन्यास्तदाऽब्रुवन् ॥ विचित्रं चरितं घोषे दृष्ट्वा तत्तस्य भास्वतः ॥२२॥ तास्तं पयोधरोत्तुङ्गैरुरोभिः समपीडयन् ॥ भ्रामिताक्षैश्च वदनैर्निरीक्षन्ते वराङ्गनाः ॥२३॥ ता वार्यमाणाः पतिभिर्भ्रातृभिर्मातृभिस्तथा ॥ कृष्णं गोपाङ्गना रात्रौ मृगयन्ते रतिप्रियाः ॥ २४ ॥ तास्तु पंक्तीकृताः सर्वा रमयन्ति मनोरमम् ॥ गायन्त्यः कृष्णचरितं द्वन्द्वशो गोपकन्यकाः ॥२५॥ कृष्णलीलाऽनुकारिण्यः कृष्णप्रणिहितेक्षणाः ॥ कृष्णस्य गतिगामिन्यस्तरुण्यस्ता वरांगनाः ॥ २६ ॥ वनेषु तालहस्ताग्रैः कूजयन्त्यस्तथाऽपराः ॥ चेरुर्वै चरितं तस्य कृष्णस्य व्रजयोषितः ॥२७॥ तास्तस्य नृत्यं गीतं च विलासस्मितवीक्षितम् ॥ मुदिताश्चानुकुर्वन्त्यः क्रीडन्ति व्रजयोषितः ॥ २८ ॥ भावनिस्पन्दमधुरं गायन्त्यस्ता वराङ्गनाः ॥ व्रजं गताः सुखं चेरुर्दामोदरपरायणाः ॥ २९ ॥ करीषपांसुदिग्धाङ्ग्यस्ताः कृष्णमनुवव्रिरे ॥ रमयन्त्यो यथा नागं संप्रमत्तं करेणवः ॥ ३० ॥ तमन्या भावविकचैर्नेत्रैः प्रहसिताननाः ॥ पिबन्त्यतृप्ता वनिताः कृष्णं कृष्णमृगेक्षणाः ॥३१॥ मुखमस्याब्जसंकाशं तृषिता गोपकन्यकाः ॥ रत्यन्तरगता रात्रौ पिबन्ति रसलालसाः ॥३२॥ हा हेति कुर्वतस्तस्य प्रहृष्टास्ता वरांगनाः ॥ जगृहुर्निःसृतां वाणीं नाम्ना दामोदरेरिताम् ॥ ३३ ॥ तासां ग्रथितसीमन्ता रतिं नीत्वाऽऽकुलीकृताः ॥ चारु विस्रंसिरे

विचरने लगीं ॥२८॥ जब वे श्रीकृष्णचरित्रसम्बन्धी गीत गाती थीं तो भावावेशमें अपनी सुधि-बुधि खो बैठती थीं । इस प्रकार वे अपना सर्वस्व दामोदर भगवानके चरणोंमें अर्पण करके देरतक उनके साथ विहार करती रहीं ॥२९॥ इसके बाद जैसे हथिनियाँ सम्भोगकी अभिलाषावश मतवाले गजराजको घेरकर खड़ी हो जाती हैं, उसी प्रकार वे मृगनयनी गोपियाँ उपलों तथा धूलभरे वनमें चारों ओरसे श्रीकृष्णको घेरकर खड़ी हो गयीं॥३०॥ कोई-कोई गोपी मुसकाती हुई कनखियोंसे उन्हें निहारने लगी, किंतु किसी भी तरह उसके नेत्र तृप्त नहीं हुए ॥३१॥ वे क्रीडासक्त गोपाङ्गनायें जब छिपकर सतृष्ण नयनोंसे भगवान कृष्णकी मुखसौन्दर्यसुधाका पान करने लगीं ॥ ३२ ॥ तब श्रीकृष्ण उनके नाम ले-लेकर बुलाने और हाय-हाय करते हुए अपनी विरहव्यथा दिखाने लगे, तब तो गोपियोंके आनन्दकी सीमा ही नहीं रही ॥३३॥ दिनके समय गोपियोंने बहुत सुन्दर ढङ्गसे अपने केश बाँधे-सँवारे थे, किन्तु उस रात्रिके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समय क्रीड़ाके अवसरपर वे केश खुलकर स्तनोंपर झूलने लगे ॥३४॥ इस प्रकार भगवान कृष्ण गोपाङ्गनाओंके मण्डलसे आवेष्टित होकर चन्द्रसमलंकृत शारदीया निशामें परमसुखपूर्वक विहार करने लगे ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकविंशोऽध्यायः ॥ २१ ॥

(भगवानके द्वारा अरिष्टासुरका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! एक दिन गोधूलिवेलामें श्रीकृष्ण खेल रहे थे। उसी समय वृषभरूपधारी और दूसरे यमराजकी तरह भीषण अरिष्टासुर गौओंको भयभीत करता हुआ व्रजमें जा पहुँचा ॥१॥ उसके शरीरकी आभा बुझे हुए अङ्गारे तथा वर्षाके बादलोंकी तरह काली थी। उसकी दोनों सींगें बड़ी तीक्ष्ण थीं। उसके नेत्र सूर्यसदृश लाल थे। सामनेके दोनों पैर छुरे जैसे पैने थे। वह अपनी जीभसे बार-बार होंठ चाट रहा था। दर्पवश उसकी पूँछ घूम रही थी। उसके कन्धेका टीला बहुत ऊँचा और

केशाः कुचाग्रे गोपयोषिताम् ॥३४॥ एवं स कृष्णो गोपीनां चक्रवालैरलंकृतः ॥ शारदीषु सचन्द्रासु निशासु मुमुदे सुखी ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रासक्रीडायां नामैकविंशोऽध्यायः ॥ २१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रदोषार्द्धे कदाचित्तु कृष्णे रतिपरायणे ॥ त्रासयन्समदो गोष्ठमरिष्टः प्रत्यदृश्यत ॥ १ ॥ निर्वाणांगारमेघाभस्तीक्ष्णशृङ्गोऽर्कलोचनः ॥ क्षुरतीक्ष्णाग्रचरणः कालः काल इवापरः ॥ २ ॥ लेलिहानः स निष्पेषं जिह्वयोष्ठौ पुनः पुनः ॥ गर्वितो विद्धलांगूलः कठिनस्कन्धबन्धनः ॥ ३ ॥ ककुदोदग्रनिर्माणः प्रमाणाद्दुरतिक्रमः ॥ शकृन्मूत्रोपलिप्तांगो गवामुद्वेजनो भृशम् ॥ ४ ॥ महाकटिः स्थूलमुखो दृढजानुर्महोदरः ॥ विषाणावल्गितगतिर्लम्बता कण्ठचर्मणा ॥ ५ ॥ गवारोहेषु चपलस्तरुघाताङ्किताननः ॥ युद्धसज्जविषाणाग्रो द्विषद्वृषभसूदनः ॥ ६ ॥ अरिष्टो नाम हि गवामरिष्टो दारुणाकृतिः ॥ दैत्यो वृषभरूपेण गोष्ठान्विपरिधावति ॥ ७ ॥ पातयानो गवां गर्भान्दृप्तो गच्छत्यनार्तवम् ॥ जृम्भमाणश्च चपलो गृष्टीः संप्रचचार ह ॥ ८ ॥ शृङ्गप्रहरणो रौद्रः प्रहरन्गोषु दुर्मदः ॥ गोष्ठेषु न रतिं लेभे विना युद्धेन गोवृषः ॥ ९ ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य स वृषः केशवाग्रतः ॥ आजगाम बलोदग्रो वैवस्वतवशे स्थितः ॥ १० ॥ स तत्र गास्तु प्रसभं बाधमानो मदोत्कटः ॥ चकार निर्वृषं

सुदृढ़ था। उसके प्रहारसे कितनी ही अँटारियोंका अग्रभाग ढह चुका था। उसका सारा शरीर गोबर और मूत्रमें सना हुआ था। उसको देखते ही गौवें बहुत घबड़ा गयीं ॥२–४॥ उसका कटिभाग विस्तीर्ण, मुख स्थूल, जानु सुदृढ़ और उदर विशाल था। चलते समय उसकी सींगें चलती रहती थीं और गलकम्बल झूलता रहता था ॥५॥ गौओंको देखते ही वह उनपर आक्रमण कर देता था। जिस वृक्षमें वह मुँह रगड़ता था तो उसकी रगड़ स्पष्ट दिखाई देने लगती थी। उसकी सींगोंका अग्रभाग युद्धके लिए सदा सुसज्ज रहता था। यहाँ तक कि उसके समक्ष कोई भी वृषभ नहीं टिक सकता था ॥६॥ वह गोविनाशक तथा भीषणाकार अरिष्ट वृषभरूपसे व्रजमें विचरते समय गर्भिणी गौओंके साथ सम्भोग करके उनका गर्भ गिराता एवं सद्यःप्रसूता गौओंको मारता हुआ घूम रहा था ॥७॥८॥ युद्धके सिवाय वह भीषण बैल क्षणभर भी शान्त नहीं रह सकता था ॥९॥ सींगरूपी शस्त्रसे सम्पन्न उस उजड्ड अरिष्टासुरने वहाँकी गौओं, बछड़ों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा बैलोंको मारकर सारा व्रज गोशून्य कर दिया। तब अवशिष्ट गौवें श्रीकृष्णकी शरणमें जा पहुँचीं। इसके बाद जिसकी मृत्यु समीप आ चुकी थी, वह अरिष्ट दानव भगवानकी शरणमें पहुँची हुई गौओंको भी भयभीत करके वज्रपातकी ध्वनिसे पूर्ण मेघके समान गर्जन करता हुआ धीरे-धीरे श्रीकृष्णकी ओर बढ़ा। उसे देखते ही भगवानने ताली ठोंक और सिंहनाद करके उसको और भी क्रुद्ध कर दिया ॥१०–१३॥ जब वह विशेष रोषमें आ गया, तब भगवान बड़े वेगसे उसके आगे बढ़े। कृष्णको देखकर अरिष्टासुरने अपनी पूँछ उठायी और आँखें फाड़े हुए रोषके साथ गर्जन करता हुआ युद्धके लिए आगेकी ओर चला। उस वृषभरूपधारी दैत्यको अपनी ओर आते देखकर भी भगवान पर्वतकी तरह अपनी जगहपर अटल और अचल होकर खड़े रह गये ॥१४॥१५॥ तब भगवानको मार डालनेकी इच्छासे वह वृषभ उनके पेटपर लक्ष्य करके बडे वेगसे झपटा। किन्तु प्रतिद्वन्द्वी वृषभकी तरह वीर कृष्ण भगवानने अंजन पर्वतकी

गोष्ठं निर्वत्सशिशुपुङ्गवम् ॥ ११ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु गावः कृष्णसमीपगाः ॥ त्रासयामास दुष्टात्मा वैवस्वतवशे स्थितः ॥ १२ ॥ सेन्द्राशनि-
रिवाम्भोदो नर्दमानो महासुरः ॥ तालशब्देन तं कृष्णः सिंहनादैश्च मोहयन् ॥ १३ ॥ अभ्यधावत गोविन्दो दैत्यं वृषभरूपिणम् ॥ स कृष्णं
गोवृषो दृष्ट्वा हृष्टलाङ्गूललोचनः ॥ १४ ॥ रोषितस्तालशब्देन युद्धाकांक्षी ननर्द ह ॥ तमापतन्तं दुर्वृत्तं दृष्ट्वा वृषभरूपिणम् ॥ तस्मात्स्था-
नान्न व्यचलत्कृष्णो गिरिरिवाचलः ॥ १५ ॥ स कुक्षौ वृषभो दृष्टिं प्रणिधाय धृताननः ॥ कृष्णस्य निधनाकांक्षी तूर्णमभ्युत्पपात ह ॥ १६ ॥
तमापतन्त प्रमुखे प्रतिजग्राह दुर्द्धरम् ॥ कृष्णः कृष्णाञ्जननिभो वृषं प्रतिवृषोपमः ॥ १७ ॥ स संसक्तस्तु कृष्णो वै वृषेणेव महावृषः ॥ मुमोच
वक्त्रजं फेनं नस्तश्चाथ सशब्दवत् ॥ १८ ॥ तावन्योन्यावरुद्धाङ्गौ युद्धे कृष्णवृषावुभौ ॥ रेजतुर्मेघसमये संसक्ताविव तोयदौ ॥ १९ ॥ तस्य दर्पं
बलं हत्वा कृत्वा शृङ्गान्तरे पदम् ॥ आपीडयदरिष्टस्य कण्ठं क्लिन्नमिवांबरम् ॥२०॥ शृङ्गं चास्य पुनः सव्यमुत्पाट्य यमदण्डवत् ॥ तेनैव प्राहर-
द्वक्त्रे स ममार भृशं हतः ॥ २१ ॥ स भिन्नशृङ्गो भग्नास्यो भग्नस्कन्धश्च दानवः ॥ पपात रुधरोद्गारी साम्बुधारी इवाम्बुदः ॥ २२ ॥ गोविन्देन
हतं दृष्ट्वा दृप्तं वृषभदानवम् ॥ साधु साध्विति भूतानि तत्कर्मास्याभितुष्टुवुः ॥ २३ ॥ स चोपेन्द्रो वृषं हत्वा कान्तचन्द्रे निशामुखे ॥ अरविन्दा-

तरह उस काले वृषभके मुखका अग्रभाग पकड़ लिया। उस समय उस दैत्यकी नाक तथा मुखसे घर्घर शब्दके साथ फेन निकलने लगा ॥ १६–१८ ॥ युद्ध प्रारम्भ हो जानेपर परस्पर एक दूसरेको दबोचने लगे। उस समय ऐसा लगा कि मानों दो ओरसे दो मेघ आकर भिड़ गये हैं ॥ १९ ॥ इस प्रकार कुछ देरमें उसका दर्प तथा बल क्षीण करके श्रीकृष्णने उसकी सींगोंके बीच पैर जमाकर गीले वस्त्रकी तरह उसकी गर्दन मरोड़ने लगे ॥२०॥ इसके बाद उन्होंने उसकी दाहिनी सींग उखाड़ली और यमदण्डकी तरह भयानक उसी सींगसे उसको मारने लगे। इस प्रकार सींग, मुख और कन्धा तोड़ देनेपर वह जलवर्षी मेघकी तरह मुँहसे रुधिर फेंकता हुआ गिरा और मर गया ॥ २१ ॥ २२ ॥ उस दृप्त दानवको मरा देखकर चारों ओरसे सब गोप भगवानका धन्यवाद देते हुए उनकी स्तुति करने लगे ॥२३॥ उस समय सन्ध्या बीत गयी थी और चन्द्रदेव उदित हो गये थे। इस प्रकार अरिष्टासुरको मारकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कमल सदृश नयनोंवाले उपेन्द्र (कृष्णभगवान) फिर पहलेकी तरह जाकर रासलीला करने लगे ॥ २४ ॥ जैसे देवता स्वर्गमें इन्द्रदेवकी स्तुति करते हैं, उसी तरह गोधनजीवी गोप कमलनयन श्रीकृष्णकी स्तुति करने लगे ॥ २५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

(अक्रूरका व्रजको स्थान) वैशम्पायन बोले–हे महाराज! बढ़ती हुई आगके समान दुर्धर्ष भगवान व्रजमें बढ़ रहे हैं, यह समाचार सुनकर अनिष्टकी आशंकासे कंस बहुत घबड़ाया ॥ १ ॥ पूतना मर गयी, कालिया पराजित हो गया, प्रलम्ब निपातित कर दिया गया, धेनुकासुर समाप्त हो गया, गोवर्द्धन पर्वत उठा लिया गया, इन्द्रका आदेश विफल हुआ, असाधारण शक्तिप्रदर्शनपूर्वक गौओंकी रक्षा कर ली गयी, एक साधारण झटकेसे यमलार्जुन वृक्ष ढह गये और वृषभरूपधारी अरिष्ट मार डाला गया, इन समाचारोंको सुनकर मथुरापति कंस

भनयनः पुनरेव ररास ह ॥२४॥ तेऽपि गोवृत्तयः सर्वे कृष्णं कमललोचनम् ॥ उपासांचिरे हृष्टाः सर्वे शक्रमिवामराः ॥२५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वृषभासुरवधो नाम द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कृष्णं व्रजगतं श्रुत्वा वर्धमानमिवानलम् ॥ उद्वेगमगमत्कंसः शङ्कमानस्ततो भयम् ॥१॥ पूतनायां हतायां च कालिये च पराजिते ॥ धेनुके प्रलयं नीते प्रलम्बे च निपातिते ॥२॥ धृते गोवर्द्धने शैले विफले शक्रशासने ॥ गोषु त्रातासु च तथा स्पृहणीयेन कर्मणा ॥३॥ ककुद्मिनि हतेऽरिष्टे गोपेषु मुदितेषु च ॥ दृश्यमाने विनाशे च संनिकृष्टे महाभये ॥ ४ ॥ कर्षणे वृक्षयोश्चैव बाल्येनाबालकर्मणा ॥ अचिन्त्यं कर्म तच्छ्रुत्वा वर्द्धमानेषु शत्रुषु ॥ ५ ॥ प्राप्तारिष्टमिवात्मानं मेने स मथुरेश्वरः ॥ विसंज्ञेन्द्रियभूतात्मा गतासुप्रतिमो बभौ ॥ ६ ॥ ततो ज्ञातीन्समानाय्य पितरं चोग्रशासनः ॥ निशि स्तिमितमूकायां मथुरायां जनाधिपः ॥ ७ ॥ वसुदेवं च देवाभं कङ्कं चाहूय यादवम् ॥ सत्यकं दारुकं चैव कङ्कावरजमेव च ॥ ८ ॥ भोजं वैतरणं चैव विकद्रुं च महाबलम् ॥ भयेसखं च धर्मज्ञं विपृथुं च पृथुश्रियम् ॥ ९ ॥ बभ्रुं दानपतिं चैव कृतवर्माणमेव च ॥ भूरितेजसमक्षोभ्यं भूरिश्रवसमेव च ॥ १० ॥ एतान्स यादवान्सर्वानाभाष्य शृणुतेति च ॥ उग्रसेनसुतो राजा प्रोवाच मथुरेश्वरः ॥११॥ भवन्तः सर्वकार्यज्ञा वेदेषु परिनिष्ठिताः ॥ न्यायवृत्तान्तकुशलास्त्रिवर्गस्य प्रवर्तकाः ॥१२॥ कर्त्तव्यानां च कर्तारो लोकस्य विबुधोपमाः ॥ तस्थिवांसो महावृत्ते निष्कम्पा इव पर्वताः ॥ १३ ॥ अदम्भवृत्तयः सर्वे सर्वे गुरुकुलोषिताः ॥ राजमन्त्रधराः सर्वे सर्वे धनुषि पारगाः ॥ १४ ॥ यशः-

अपना विनाश सन्निकट देखकर मृतप्राय हो गया और उसकी बुद्धि लुप्त हो गयी ॥ २–६ ॥ उस समय पर्याप्त रात्रि थी। इस कारण मथुरामें सब लोग पड़े सो रहे थे। उसी समय कंस अपने पिता, जातिबन्धु, देवस्वरूप वसुदेव, कङ्क, कङ्कके लघु भ्राता सत्यक, दारुक, वैतरण, भोज, महाबली विकद्रु, भयेसख, विपृथु, दानाध्यक्ष अक्रूर, कृतवर्मा तथा परम तेजस्वी भूरिश्रवा आदि यादवोंको बुलाया और उनको सम्बोधन करके कहा–॥ ७–११ ॥ हे महात्मागण! आप सब लोग कार्यविधिके ज्ञाता, वेदपारदर्शी, न्यायपरायण और धर्म-अर्थ-कामरूपी त्रिवर्गके प्रवतक हैं ॥ १२ ॥ आप लोग देवताओंकी तरह अपने कर्तव्य कर्मका अनुष्ठान करनेवाले और पर्वतोंकी तरह अचलभावसे सदाचारपरायण रहे हैं ॥ १३ ॥ आपलोग अभिमान-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शून्य हैं। आप लोगोंने गुरुकुलमें निवास किया है। आप मंत्रणाकार्य और धनुर्विद्याके विशेष पारदर्शी हैं॥ १४॥ आप लोगोंका यश सारी त्रिलोकीमें व्याप्त है। आप वेदार्थके वक्ता भी हैं। आपलोग वर्ण और आश्रमसम्बन्धी आचार-व्यवहारके भी ज्ञाता हैं॥ १५॥ आप न्यायपरायण लोगोंके नेता, अच्छे नियमोंको बनानेवाले, परराष्ट्रमें फूट डालनेवाले और शरणार्थियोंके रक्षक हैं॥१६॥ आपके उज्ज्वल चरित्र देखकर स्वर्ग भी आभार मानेगा। फिर पृथिवीकी बात ही क्या है॥१७॥ आपका व्यवहार ऋषियों सरीखा, प्रभाव मरुतोंके समान, क्रोध रुद्रकी भाँति और तेज अग्निके सदृश है॥१८॥ अष्टकुल पर्वत जैसे पृथिवीको धारण किये हुए हैं, उसी प्रकार आप यशस्वियोंने पतनोन्मुख यदुकुलकी रक्षा की है॥ १९॥ तथापि सदा मेरे मनका अनुसरण करनेवाले आप जैसे मित्रोंके रहते मेरा शत्रु धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आप उसकी उपेक्षा कर रहे हैं॥ २०॥ मेरा शत्रु नन्दगोपका पुत्र कृष्ण है।

प्रदीपा लोकानां वेदार्थानां विवक्षवः॥ आश्रमाणां निसर्गज्ञा वर्णानां क्रमपारगाः॥ १५॥ प्रवक्तारः श्रुनियता नेतारो नयदर्शिनाम्॥ भेत्तारः परराष्ट्राणां त्रातारः शरणार्थिनाम्॥ १६॥ एवमक्षतचारित्रैः श्रीमद्भिरुदितोदितैः॥ द्यौरप्यनुगृहीता स्याद्भवद्भिः किं पुनर्मही॥ १७॥ ऋषीणामिव वो वृत्तं प्रभावो मरुतामिव॥ रुद्राणामिव वः क्रोधो दीप्तिरंगिरसामिव॥ १८॥ व्यावर्तमानं सुमहद्भवद्भिः ख्यातकीर्तिभिः॥ धृतं यदुकुलं वीरैर्भूतलं पर्वतैरिव॥ १९॥ एवं भवत्सु युक्तेषु मम चित्तानुवर्तिषु॥ वर्द्धमानो ममानर्थो भवद्भिः किमुपेक्षितः॥ २०॥ एष कृष्ण इति ख्यातो नन्दगोपसुतो व्रजे॥ वर्द्धमान इवाम्भोधो मूलं नः परिकृन्तति॥ २१॥ अनमात्यस्य शून्यस्य चारान्धस्य ममैव तु॥ कारणान्नन्दगोपस्य स सुतो गोपितो गृहे॥ २२॥ उपेक्षित इव व्याधिः पूर्यमाण इवाम्बुदः॥ नन्दमेघ इवोष्णान्ते स दुरात्मा विवर्द्धते॥ २३॥ तस्य नाहं गतिं जाने न योगं न पराक्रमम्॥ नन्दगोपस्य भवने जातस्याद्भुतकर्मणः॥ २४॥ किं तद्भूतं समुद्भूतं देवापत्यं न विद्महे॥ अतिदैवैरमानुष्यैः कर्मभिः सोऽनुमीयते॥ २५॥ पूतना शकुनी बाल्ये शिशुनोत्तानशायिना॥ स्तनपानेप्सुना पीता प्राणैः सह दुरासदा॥ २६॥ यमुनाया ह्रदे नागः कालियो दमितस्तथा॥ रसातलचरो नीतः क्षणेनादर्शनं ह्रदात्॥ २७॥ नन्दगोपसुतो योगं कृत्वा स पुनरुत्थितः॥ धेनुकस्तालशिखरात्पा-

वह दिन-दिन समुद्रकी तरह बढ़ता हुआ मेरी जड़ काट रहा है॥ २१॥ मैं मन्त्रिहीन, गुप्तचररहित तथा शून्यहृदय हूँ। मेरी असावधानीके कारण ही वसुदेवने उसे नन्दगोपके घरमें छिपा दिया है॥ २२॥ दुरात्मा कृष्ण वहाँ उपेक्षित रोग, पर्वके दिन क्षुब्ध समुद्र तथा ग्रीष्मके अन्तमें गर्जन करनेवाले मेघके समान बढ़ रहा है॥ २३॥ मैं उस अद्भुतकर्मा बालकके पराक्रम, प्रकृत तत्त्व तथा उसके वशीकरणका उपाय कुछ भी नहीं जान पाता॥२४॥ वह बालक किसी देवताका पुत्र है या और कोई, यह भी मैं कुछ नहीं जानता। किन्तु उसके अमानुषिक कार्योंको देखकर उसे 'देवातीत' कहा जा सकता है॥ २५॥ देखो न, बाल्यावस्थामें जब वह लेटा हुआ था, तब स्तनपान करते-करते दूधके साथ प्राणोंको भी पीकर उसने दुर्जय पूतनाको मार डाला॥२६॥ कालियनाग यमुनाकी दहमें रहा करता था। सो उस बालकने क्षणभरमें उसका दमन करके यमुनाके दहसे दूर भगा दिया॥२७॥ नागपाशमें बँधे हुए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नन्दकुमारने बन्धन काट डाला और वह फिर यमुनाह्रदसे बाहर निकल आया। धेनुक दैत्यको तालवृक्षके ऊपर पटककर मार डाला ॥ २८ ॥ जिस प्रलम्ब-असुरके समक्ष युद्धमें देवता भी नहीं टिकते थे, सो उस बालकने उसे साधारण व्यक्तिके समान केवल एक मुक्केके प्रहारसे समाप्त कर दिया ॥२९॥ उस बालकने प्रतिवर्ष होनेवाली इन्द्रपूजा रोक दी। इससे इन्द्रने कुपित होकर जल बरसाना आरम्भ किया तो उसकी कुछ भी चिन्ता न करते हुए कृष्णने गौओंकी रक्षाके लिए गोवर्द्धनपर्वतको ही उठा लिया ॥३०॥ अरिष्टासुर कितना बलवान् था, सो उसकी सींग उखाड़कर उसने उसी सींगसे उसे मार डाला। ये कार्य किसी बालकके नहीं हो सकते, किन्तु बालकका वेश धारण करके वह व्रजमें बाललीला दिखा रहा है ॥३१॥ उस व्रजवासी गोपबालकके इन कार्योंको देखकर केशीको और मुझे मृत्युभय उपस्थित दिखायी दे रहा है ॥३२॥ वह जब मेरे साथ युद्ध करनेके लिए यहाँ उपस्थित है तो यह निश्चित जान पड़ता है कि वह मेरे पूर्वजन्मका काल है। ३३॥ यदि ऐसा न होता तो वह किस लिए नश्वर मानव देह धारण करके सामान्य गोप बनता ? किसके लिए वह देवभावसे मेरे व्रजमें क्रीडा करता ? अतएव मुझे तो ऐसा ज्ञात होता है

तितो जीवितं विना ॥ २८ ॥ प्रलम्बं यं मृधे देवा न शेकुरतिवर्तितुम् ॥ बालेन मुष्टिनैकेन स हतः प्राकृतो यथा ॥ २९ ॥ वासवस्योत्सवं भङ्क्त्वा वर्षं वासवरोषजम् ॥ निर्जित्य गोग्रहार्थाय धृतो गोवर्धनो गिरिः ॥ ३० ॥ हतस्त्वरिष्टो बलवान्निःशृंगश्च कृतो व्रजे ॥ अबालो बाल्यमास्थाय रमते शिशुलीलया ॥ ३१ ॥ प्रबन्धः कर्मणामेवं तस्य गोव्रजवासिनः ॥ सन्निकृष्टं भयं चैव केशिनो मम च ध्रुवम् ॥ ३२ ॥ भूतपूर्वश्च मे मृत्युः स नूनं पूर्वदैहिकः ॥ युद्धाकांक्षी च स यथा तिष्ठतीह ममाग्रतः ॥ ३३ ॥ क्व च गोपत्वमशुभं मानुष्यं मृत्युदुर्बलम् ॥ क्व च देवप्रभावेण क्रीडितव्यं व्रजे मम ॥ ३४ ॥ अहो नीचेन वपुषा छादयित्वाऽऽत्मनो वपुः ॥ कोऽप्येष रमते देवः श्मशानस्थ इवानलः ॥३५॥ श्रूयते हि पुरा विष्णुः सुराणां कारणान्तरे ॥ वामनेन तु रूपेण जहार पृथिवीमिमाम् ॥३६॥ कृत्वा केसरिणो रूपं विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ हतो हिरण्यकशिपुर्दानवानां पितामहः ॥ ३७ ॥ अचिन्त्यरूपमास्थाय श्वेतशैलस्य मूर्द्धनि ॥ भवेन व्याविता दैत्याः पुरा तत्त्रिपुरं घ्नता ॥ ३८ ॥ चालितो गुरुपुत्रेण भार्गवोऽङ्गिरसेन वै ॥ प्रविश्य दार्दुरीं मायामनावृष्टिं चकार ह ॥ ३९ ॥ अनन्तः शाश्वतो देवः सहस्रशिरसोऽव्ययः ॥ वाराहं रूपमास्थाय प्रोज्जहारार्णवान्महीम् ॥ ४० ॥ अमृते निर्मिते पूर्वं विष्णुः स्त्रीरूपमास्थितः ॥ सुराणामसुराणां च युद्धं चक्रे सुदारुणम् ॥ ४१ ॥ अमृतार्थे पुरा

कि श्मशानमें स्थित अग्निके समान अपना सच्चा स्वरूप छिपाकर कोई देवता बनावटी रूपसे घूम रहा है ॥३४॥३५॥ मैंने सुना है कि पूर्वकालमें देवकार्य साधन करनेके लिए नारायणने वामनरूप धारण करके पृथिवीका हरण किया था ॥ ३६ ॥ उसी प्रभावशाली विष्णुने सिंहरूप धारण करके दानवोंके पितामह हिरण्यकशिपुका वध किया था ॥ ३७ ॥ उसीने हिमालय पर्वतके ऊपर अचिन्त्य रुद्ररूप धारण करके त्रिपुरका विनाश किया और अन्यान्य दैत्योंको मारा ॥ ३८ ॥ उसी विष्णुने गुरुपुत्र कचका रूप धारण करके अपनी दादुरी मायाके प्रभावसे शुक्राचार्यकी प्रतिज्ञा भंग कर दी और मृतसंजीवन मंत्रका उपदेश देते हुए दानवोंके राज्यमें अनावृष्टि उत्पन्न की थी ॥३९॥ उसी सहस्रशीर्ष और शाश्वत अनन्तदेवने वराहरूप धारण करके समुद्रके उदरसे पृथिवीका उद्धार किया था ॥ ४० ॥ देवों और दानवोंने अमृतप्राप्तिके लिए जब सम्मिलित प्रयत्न किया, तब उसी विष्णुने मोहिनी स्त्रीका रूप धारण करके देवताओं और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दैत्योंमें दारुण युद्ध करा दिया था ॥ ४१ ॥ समुद्रमन्थनके अवसरपर नारायणने कूर्म (कच्छप) का रूप धारण करके समुद्रके भीतर पैठकर अपनी पीठपर मन्दर पर्वतको धारण किया था ॥ ४२ ॥ उसीने अतिकुत्सित वामनरूपसे तीन ही पगमें तीनों लोक तथा स्वर्गलोग तक नापकर अपने अधीन कर लिया था ॥ ४३ ॥ वही विष्णु अपनेको चार भागोंमें विभक्त करके दशरथके घर रामरूपसे उत्पन्न हुआ और रावणका विनाश किया ॥ ४४ ॥ इस प्रकार वह नारायण देवताओंकी कार्यसिद्धिके लिए विविध रूप धारण करके अपना काम बना चुका है ॥ ४५ ॥ अतएव जान पड़ता है कि नारद मुनिने जो कहा था, सो सत्य है। वही नारायण अथवा इन्द्र मेरा विनाश करनेके लिए पृथिवीतलमें अवतीर्ण हुआ है ॥ ४६ ॥ इस विषयमें मुझे वसुदेवके प्रति विशेष सन्देह हो रहा है। इसीकी चतुराईसे मेरी यह दुर्दशा उपस्थित हुई है ॥ ४७ ॥ खट्वाङ्ग वनमें एक दिन देवर्षि नारदने आकर मुझसे कहा था—कंस! तुम

चापि देवदैत्यसमागमे ॥ दधार मंदरं विष्णुरकूपार इति श्रुतिः ॥४२॥ वपुर्वामनमास्थाय नन्दनीयं पुरा बलेः ॥ त्रिभिः क्रमैस्तु त्रींल्लोकाञ्जहार त्रिदिवालयम् ॥४३॥ चतुर्धा तेजसो भागं कृत्वा दाशरथे गृहे ॥ स एव रामसंज्ञो वै रावणं व्यनशत्तदा ॥ ४४ ॥ एवमेष निकृत्या वै तत्तद्रूपमुपागतः ॥ साधयित्वाऽऽत्मनः कार्यं सुराणामर्थसिद्धये ॥ ४५ ॥ तदेष नूनं विष्णुर्वा शक्रो वा मरुतां पतिः ॥ मत्साधनेच्छया प्राप्तो नारदो मां प्रयुक्तवान् ॥ ४६ ॥ अत्र मे शङ्कते बुद्धिर्वसुदेवं प्रति ध्रुवा ॥ अस्य बुद्धिविशेषेण वयं कातरतां गताः ॥ ४७ ॥ अहं हि खट्वाङ्गवने नारदेन समागतः ॥ द्वितीयं स हि मां विप्रः पुनरेवाब्रवीद्वचः ॥४८॥ यस्त्वया हि कृतो यत्नः कंस गर्भकृते महान् ॥ वसुदेवेन ते रात्रौ तत्कर्म विफलीकृतम् ॥ ४९ ॥ दारिका या त्वया रात्रौ शिलायां कंस पातिता ॥ तां यशोदासुतां विद्धि कृष्णं च वसुदेवजम् ॥ ५० ॥ रात्रौ व्यावर्तितावेतौ गर्भौ तव वधाय वै ॥ वसुदेवेन संधाय मित्ररूपेण शत्रुणा ॥ ५१ ॥ सा तु कन्या यशोदाया विन्ध्ये पर्वतसत्तमे ॥ हत्वा शुम्भनिशुम्भौ द्वौ दानवौ नगचारिणौ ॥ ५२ ॥ कृताभिषेका वरदा भूतसंघनिषेविता ॥ अर्च्यते दस्युभिर्घोरैर्महाबलिपशुप्रिया ॥ ५३ ॥ सुरापिशितपूर्णाभ्यां कुम्भाभ्यामुपशोभिता ॥ मयूराङ्गदचित्रैश्च बर्हभारैर्विभूषिता ॥ ५४ ॥ हृष्टकुक्कुटसंनादं वनं वायसनादितम् ॥ मृगसंघैश्च संपूर्णमविरुद्धैश्च पक्षिभिः ॥ ५५ ॥ सिंहव्याघ्रवराहाणां नादेन प्रतिनादितम् ॥ वृक्षगम्भीरनिबिडं कान्तारैः सर्वतो वृतम् ॥ ५६ ॥ दिव्यभृंगारचमरैरादर्शैरुपशोभितम् ॥ देवतूर्यनिना-

देवकीकी सब सन्तानोंको नष्ट करनेका जो उपाय कर रहे हो, एक रातको वसुदेवने तुम्हारा वह प्रयत्न विफल कर दिया है ॥४८॥४९॥ उस रातको जो कन्या तुमने पत्थरपर पटक दी थी, वह देवकीकी नहीं, बल्कि यशोदाकी पुत्री थी। कृष्ण वसुदेवके पुत्र हैं ॥ ५० ॥ तुम्हारे मित्ररूपधारी शत्रु वसुदेवने ही परस्पर संधि करके तुम्हारा वध करनेके लिए रात्रिके समय दोनों गर्भोंको बदल दिया था ॥५१॥ वह यशोदापुत्री पर्वतचारी शुम्भ-निशुम्भको मारकर इस समय विन्ध्याचलपर प्रमथगणोंके साथ निवास कर रही है ॥५२॥ घोररूपधारी दस्युगण उसका अभिषेककर विचित्र वर्णके मयूरपुच्छसे शृङ्गार करके पशुबलि, मद्यपात्र और मांस अर्पण करते हुए पूजन करते हैं ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ विन्ध्याचलके जिस वनमें उसका निवासस्थान है, वह अरण्य व्याघ्र, सिंह, वराह तथा कुकुट आदिके शब्दोंसे सदा प्रतिध्वनित होता रहता है। उस स्थानके चारों ओर सघन वृक्षोंकी पंक्ति विद्यमान है। उसके मंदिरमें दिव्य भृङ्गार (जलकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

झारी) चमर और दर्पण आदि सामग्रियाँ उपस्थित रहती हैं। वहाँ देवताओंकी सैकड़ों तुड़हियाँ सदा बजा करती हैं ॥ ५५-५७ ॥ विन्ध्यपर्वतपर उसका स्थान उसके प्रभावसे ही निर्मित हुआ है। देवता वहाँ नित्य पहुँचकर उसकी पूजा करते हैं। अपने शत्रुओंको भयभीत करती हुई वह स्त्री बड़े आनन्दके साथ उस मनोहर प्रदेशमें निवास करती है। और कृष्ण, जो नन्दगोपके पुत्ररूपमें विख्यात है, वह वसुदेवका पुत्र तुम्हारा वैरी और मृत्युस्वरूप है ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ इस प्रकार देवर्षि नारदने कृष्णके पूतनावध आदि बड़े-बड़े काम गिनाकर कहा था कि बलरामके अतिरिक्त कृष्ण भी वसुदेवका द्वितीय पुत्र होगा ॥ ६० ॥ वह वसुदेवतनय बलवान् वासुदेव तुम्हारा स्वाभाविक बन्धु और साथ ही तुम्हारा काल भी होगा। जैसे कौआ जिसके मस्तकपर बैठता है तो अपने पैर और नेत्रोंके सहारे उसके नेत्र निकाल लेता है। ठीक उसी प्रकार वसुदेव मेरे ही अन्नसे पलता है और बन्धु-बान्धवों

दैश्च शतशः प्रतिनादितम् ॥ ५७ ॥ स्थानं तस्या नगे विन्ध्ये निर्मितं स्वेन तेजसा ॥ रिपूणां त्रासजननी नित्यं तत्र मनोरमे ॥ ५८ ॥ वसते परमप्रीता दैवतैरपि पूजिता ॥ यस्त्वयं नन्दगोपस्य कृष्ण इत्युच्यते सुतः ॥ ५९ ॥ अत्र मे नारदः प्राह सुमहत्कर्मकारणम् ॥ द्वितीयो वसुदेवाद्वै वासुदेवो भविष्यति ॥ ६० ॥ स हि ते सहजो मृत्युर्बान्धवश्च भविष्यति ॥ स एव वासुदेवो वै वसुदेवसुतो बली ॥ ६१ ॥ बान्धवो धर्मतो मह्यं हृदयेनान्तको रिपुः ॥ यथा हि वायसो मूर्ध्नि पद्भ्यां यस्यावतिष्ठति ॥ ६२ ॥ नेत्रे तुदति तस्यैव वक्त्रेणामिषगृद्धिना ॥ वसुदेवस्तथैवायं सपुत्रज्ञातिबान्धवः ॥ छिनत्ति मम मूलानि भुङ्क्ते च मम पार्श्वतः ॥ ६३ ॥ भ्रूणहत्याऽपि संतार्या गोवधः स्त्रीवधोऽपि वा ॥ न कृतघ्नस्य लोकोऽस्ति बान्धवस्य विशेषतः ॥ ६४ ॥ पतितानुगतं मार्गं निषेवत्यचिरेण सः ॥ यः कृतघ्नोऽनुबन्धेन प्रीतिं वहति दारुणाम् ॥ ६५ ॥ नरकाध्युषितः पन्था गन्तव्यस्तेन दारुणः ॥ अपापे पापहृदयो यः पापमनुतिष्ठति ॥ ६६ ॥ अहं वा स्वजनः श्लाघ्यः स वा श्लाघ्यतरः सुतः ॥ नियमैर्गुणवृत्तेन त्वया बान्धवकाम्यया ॥ ६७ ॥ हस्तिनां कलहे घोरे वधमृच्छन्ति वीरुधः ॥ युद्धव्युपरमे ते तु सहाश्नन्ति महावने ॥ ६८ ॥ बान्धवानामपि तथा भेदकाले समुत्थिते ॥ बध्यते योऽन्तरप्रेप्सुः स्वजनो यदि वेतरः ॥ ६९ ॥ कालस्त्वं हि विनाशाय मया

समेत हमारा ही मूलोच्छेद कर रहा है ॥ ६१-६३ ॥ संसारमें गोहत्या, स्त्रीहत्या तथा भ्रूणहत्या आदि बड़े-बड़े पापोंसे निस्तार हो सकता है, किन्तु कृतघ्न और विशेष करके किसी सगे-सम्बन्धी कृतघ्नके लिए तो किसी भी लोकमें स्थान नहीं है ॥ ६४ ॥ जो कृतघ्न काम पड़नेपर विशेष प्रीति प्रदर्शित करता है, उसे शीघ्र पतित व्यक्तियोंके मार्गका अनुसरण करना पड़ता है ॥ ६५ ॥ जो पापात्मा निरपराध व्यक्तियोंके प्रति दुर्व्यवहार है, उसे अवश्य नरक आदि दारुण तथा दूषित पथपर जाना पड़ता है ॥ ६६ ॥ वसुदेवका माननीय स्वजन मैं होऊँ या मुझसे भी अधिक प्रिय इनका पुत्र कृष्ण हो, किन्तु इनका यह कर्तव्य था कि सद्भाव दिखाते हुए दोनोंको सान्त्वना देते ॥ ६७ ॥ जैसे हाथियोंके युद्धमें वृक्ष नष्ट होते हैं—हाथी नहीं। युद्धके बाद तो दोनों हाथी वनमें एक साथ घूमते हैं ॥ ६८ ॥ उसी प्रकार बान्धवोंमें परस्पर कलह उपस्थित होनेपर बीच-बचाव करनेवाला ही मारा जाता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फिर चाहे वह स्वजन हो या अन्य कोई ॥ ६९ ॥ मैंने अपना विनाश करनेके लिए अनजानमें कालको पाल रक्खा था। क्योंकि वसुदेव! तुमने सदा मेरे कुलका विरोध किया है ॥७०॥ तुम जैसे परसन्तापी, वैरी प्रकृति, पापी तथा शठ प्राणीने यदुकुलको शोचनीय दशामें पहुँचा दिया है ॥ ७१ ॥ इतने समय तक मैंने तुम्हें बेकार वृद्ध समझकर अपने पास रखा था। ठीक ही कहा गया है कि केश श्वेत हो जाने तथा सौ वर्षका होजानेसे ही कोई वृद्धपद नहीं प्राप्त कर लेता ॥ ७२ ॥ वास्तवमें वृद्ध वही है कि जिसकी बुद्धि परिपक्व हो गयी हो। केश उज्ज्वल हो जानेसे ही कोई वृद्ध नहीं हो जाता ॥ ७३ ॥ तुम्हारा स्वभाव बड़ा रूखा है और शास्त्रज्ञान भी साधारण ही है। तुम शरत्कालके बादलकी तरह केवल अवस्थासे वृद्ध हो ॥ ७४ ॥ वसुदेव! क्या तुम सोचते हो कि कंसके मर जानेपर मेरा पुत्र मथुराका राजा हो जायगा? ॥ ७५ ॥ किन्तु यह तुम्हारी दुराशा है। तुम्हारा ऐसा सोचना व्यर्थ है। क्योंकि जीवन चाहनेवाला ऐसा कोई व्यक्ति ही नहीं है, जो शत्रुरूपमें मेरे समक्ष खड़ा हो सके ॥७६॥ अपनी दुर्बुद्धिवश तुम मुझ विश्वासी बन्धुको नष्ट करनेके लिए

पुष्टो विजानता ॥ वसुदेव कुलस्यास्य यद्विरोधयसे भृशम् ॥ ७० ॥ अमर्षी वैरशीलश्च सदा पापमतिः शठः ॥ स्थाने यदुकुलं मूढ शोचनीयं त्वया कृतम् ॥ ७१ ॥ वसुदेव वृथा वृद्ध यन्मया त्वं पुरस्कृतः ॥ श्वेतेन शिरसा वृद्धो नैव वर्षशती भवेत् ॥ ७२ ॥ यस्य बुद्धिः परिणता स वै वृद्धतरो नृणाम् ॥ न तेन वृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः ॥ ७३ ॥ त्वं च कर्कशशीलश्च बुद्ध्या न च बहुश्रुतः ॥ केवलं वयसा वृद्धो यथा शरदि तोयदः ॥ ७४ ॥ किं च त्वं साधु जानीषे वसुदेव वृथामते ॥ हते कंसे मम सुतो मथुरां पालयिष्यति ॥ ७५ ॥ छिन्नाशस्त्वं वृथा वृद्धो मिथ्या त्वेवं विचारितम् ॥ जिजीविषुर्न सोऽप्यस्ति यो वै तिष्ठेन्ममाग्रतः ॥ ७६ ॥ प्रहर्तुकामो विश्वस्ते यस्त्वं दुष्टेन चेतसा ॥ तत्ते प्रतिकरिष्येऽहं पुत्रयोस्तव पश्यतः ॥ ७७ ॥ न मे वृद्धवधः कश्चिद्द्विजस्त्रीवध एव च ॥ कृतपूर्वः करिष्ये वा विशेषेण तु बान्धवे ॥ ७८ ॥ इह त्वं जातसंवृद्धो मम पित्रा विवर्धितः ॥ पितृष्वसुश्च मे भर्ता यदूनां प्रथमो गुरुः ॥ ७९ ॥ कुले महति विख्यातः प्रथिते चक्रवर्तिनाम् ॥ गुर्वर्थ पूजितः सद्भिर्महद्भिर्धर्मबुद्धिभिः ॥ ८० ॥ किं करिष्यामहे सर्वे सत्सु वक्तव्यतां गताः ॥ यदूनां यूथमुख्यस्य यस्य ते वृत्तमीदृशम् ॥ ८१ ॥ मद्वधो वा जयो वाऽथ वसुदेवस्य दुर्नयैः ॥ सत्सु यास्यन्ति पुरुषा यदूनामवगुण्ठिताः ॥ ८२ ॥ त्वया हि मद्वधोपायं तर्कमाणेन वै मृधे ॥ अविश्वास्यं

उद्यत हो गये हो। सो मैं तुम्हारे दोनों पुत्रोंके सामने उस कामनाका प्रतीकार करूगा ॥ ७७ ॥ मैंने कभी किसी वृद्ध, द्विज तथा स्त्रीका वध न पहले कभी किया है और न भविष्यमें ही करूँगा। विशेष करके अपने किसी सम्बन्धीका वध तो कदापि नहीं कर सकता ॥ ७८ ॥ तुम यहाँ जनमे और मेरे पिताके प्रयत्नसे पले-पुसे। तुम मेरे चाचाकी बहिनके पति हो। यादवगण तुम्हें सर्वश्रेष्ठ समझते और सम्मान करते हैं ॥ ७९ ॥ तुम चक्रवर्ती राजाओंके विख्यात कुलमें उत्पन्न हुए हो। अच्छे, महान् और धर्मबुद्धि यादवोंने बड़ा समझकर सदा तुम्हारा आदर किया है ॥ ८० ॥ यदुवंशियोंके मुखियास्वरूप तुम्हारा जब ऐसा नीच व्यवहार है तो भले लोगोंमें निन्दित होकर हम लोग कर ही क्या सकते हैं ॥ ८१ ॥ वसुदेवकी दुर्नीतिसे मैं मारा जाऊँ या विजयी बनूँ। इसकी कोई चिन्ता नहीं। दुःखकी बात तो यह है कि अब यदुवंशियोंको सज्जनोंके समक्ष मुँह छिपाकर जाना पड़ेगा ॥ ८२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

युद्धमें मेरे विनाशका षड्यंत्र करके तुम अविश्वसनीय हो गये हो। तुम्हारी इस करतूतसे यादवोंकी बहुत बदनामी हुई है ॥ ८३ ॥ मेरे और कृष्णके बीच कभी शान्त न होनेवाला वैर उत्पन्न हो गया है। हम दोनोंमेंसे किसी एकके समाप्त हुए बिना यादव सुखी नहीं हो सकेंगे ॥ ८४ ॥ हे दानाध्यक्ष अक्रूर! तुम जाओ और कृष्ण-बलराम तथा नन्द आदि करदाता गोपोंको शीघ्र यहाँ ले आओ ॥ ८५ ॥ नन्दगोपसे कहो कि सालाना पोत लेकर अन्यान्य ग्वालोंके साथ शीघ्र मथुरा चले आयें ॥ ८६ ॥ क्योंकि अपने भृत्य-पुरोहितों सहित महाराज कंस वसुदेवके दोनों पुत्रों कृष्ण-बलरामको देखना चाहते हैं ॥ ८७ ॥ मैंने सुना है कि वे दोनों बालक समयानुकूल युद्धमें बड़े निपुण हैं। वे दृढ़शरीर तथा युद्धमें बड़े कौतुकी हैं ॥ ८८ ॥ मेरे यहाँ भी दो पहलवान उनसे लड़नेको तैयार हैं। यहाँ आनेपर मैं उन दोनों गोपबालकोंको अपने पहलवानोंसे भिड़ा दूँगा ॥ ८९ ॥ देवताओंके समान

कृतं कर्म वाच्याश्च यदवः कृताः ॥ ८३ ॥ अशाम्यं वैरमुत्पन्नं मम कृष्णस्य चोभयोः ॥ शान्तिमेकतरे शान्ति गते यास्यन्ति यादवाः ॥ ८४ ॥
गच्छ दानपते क्षिप्रं ताविहानयितुं व्रजात् ॥ नन्दगोपं च गोपांश्च करदान्मम शासनात् ॥ ८५ ॥ वाच्यश्च नन्दगोपो वै करमादाय वार्षिकम् ॥
शीघ्रमागच्छ नगरं गोपैः सह समन्वितः ॥ ८६ ॥ कृष्णसंकर्षणौ चैव वसुदेवसुतावुभौ ॥ द्रष्टुमिच्छति वै कंसः सभृत्यः सपुरोहितः ॥ ८७ ॥ एतौ
युद्धविदौ रङ्गे कालनिर्माणयोधिनौ ॥ दृढौ च कृतिनौ चैव शृणोमि व्यायतोद्यमौ ॥ ८८ ॥ अस्माकमपि मल्लौ द्वौ सज्जौ युद्धकृतोत्सवौ ॥ ताभ्यां
सह नियोत्स्येते तौ युद्धकुशलावुभौ ॥ ८९ ॥ द्रष्टव्यौ च मयाऽवश्यं बालौ तावमरोपमौ ॥ पितृष्वसुः सुतौ मुख्यौ व्रजवासौ वनेचरौ ॥ ९० ॥
वक्तव्यं च व्रजे तस्मिन्समीपे व्रजवासिनाम् ॥ राजा धनुर्मखं नाम कारयिष्यति वै सुखी ॥ ९१ ॥ सन्निकृष्टे वने ते तु निवसन्तु यथासुखम् ॥ जन-
स्यामन्त्रितस्यार्थे यथा स्यात्सर्वमव्ययम् ॥ ९२ ॥ पयसः सर्पिषश्चैव दध्नो दध्युत्तरस्य च ॥ यथाकामप्रदानाय भोज्याधिश्रयणाय च ॥ ९३ ॥
अक्रूर गच्छ शीघ्रं त्वं तावानय ममाज्ञया ॥ संकर्षणं च कृष्णं च द्रष्टुं कौतूहलं हि मे ॥ ९४ ॥ तयोरागमने प्रीतिः परमा मत्कृता भवेत् ॥ दृष्ट्वा
तु तौ महावीर्यौ तद्विधास्यामि यद्धितम् ॥ ९५ ॥ शासनं यदि वा श्रुत्वा मम तौ परिभाषितम् ॥ नागच्छेतां यथाकालं निग्राह्यावपि तौ मम
॥ ९६ ॥ सान्त्वमेव तु बालेषु प्रधानं प्रथमो नयः ॥ मधुरेणैव तौ मन्दौ स्वयमेवानयाशु वै ॥ ९७ ॥ अक्रूर कुरु मे प्रीतिमेतां परमदुर्लभाम् ॥

सुन्दर उन दोनों बालकोंको मैं अवश्य देखूँगा। क्योंकि वे व्रजवासी और वनेचर बच्चे मेरे चाचाकी बहिनके पुत्र हैं ॥ ९० ॥ उन व्रजवासियोंसे यह भी कहना कि महाराज कंस धनुषयज्ञ आरम्भ करेंगे ॥ ९१ ॥ यहाँ आकर वे नगरके पासवाले उपवनमें आनन्दपूर्वक टिकें। इस यज्ञमें आमन्त्रित अतिथियोंको खिलानेके लिए दही, दूध, घी एवं मट्ठे आदिकी कमी न पड़े और ये चीजें भण्डारमें सदा भरी रहें। इसका भी प्रबन्ध वे लोग करते आयें ॥ ९२ ॥ ९३ ॥ हे अक्रूर! तुम शीघ्र जाकर उन दोनों बालकोंको यहाँ ले आओ। क्योंकि कृष्ण और बलरामको देखनेके लिए मेरे मनमें बड़ा कुतूहल है ॥ ९४ ॥ उनके आनेसे मुझे बड़ी खुशी होगी। जब वे यहाँ आ जायँगे तब उन दोनों परम पराक्रमी बालकोंको देखकर जो उचित होगा, सो करूँगा ॥ ९५ ॥ मेरी आज्ञा पाकर भी वे दोनों यदि न आयेंगे तो उन्हें दण्ड दिया जायगा ॥ ९६ ॥ बालकोंपर सान्त्वनानीतिका ही उपयोग करना चाहिए। अतएव मीठी-मीठी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बातोंसे फुसलाकर उन्हें शीघ्र यहाँ ले आओ ॥ ९७ ॥ यदि वसुदेवने तुम्हें भी फोड़ न लिया हो तो तुम शीघ्र मेरा यह प्रिय काम कर दो ॥९८॥ वे जिस उपायसे यहाँ आ उपस्थित हों तुम्हें वही करना होगा। अदूरदर्शी कंसके इस प्रकार बार-बार आक्षेप करनेपर भी समुद्रके समान गम्भीर वसुश्रेष्ठ वसुदेवके अपने क्षमागुणसे प्रकृतिस्थ रहते हुए कुछ भी उत्तर नहीं दिया ॥ ९९ ॥ १०० ॥ जो लोग वहाँ उपस्थित थे, वे इस प्रकारकी विक्षिप्तता देखकर नतमस्तक हो गये और मन्द-मन्द शब्दोंमें बारम्बार कंसको धिक्कारने लगे ॥ १०१ ॥ महातेजस्वी अक्रूर अपनी दिव्यदृष्टिसे भविष्यकी बातें जानकर बहुत प्रसन्न हुए और कंसके भेजनेपर व्रज जानेके लिए इस प्रकार उतावले हो गये, जैसे प्यासा पानीको देखकर उतावला हो उठे ॥१०२॥ भगवानकृष्णको देखनेके लिए दानाध्यक्ष अक्रूर तत्काल मथुरासे व्रजके लिए चल पड़े ॥१०३॥ इतिश्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणिभाषाटीकायां त्रयोविंशोऽध्यायः ॥ २३ ॥

यदि वा नोपजप्तोऽसि वसुदेवेन सुव्रत ॥ ९८ ॥ तथा कर्त्तव्यमेतद्धि यथा तावागमिष्यतः ॥ एवमाक्षिप्यमाणोऽपि वसुदेवो वसूपमः ॥ ९९ ॥ सागराकारमात्मानं निष्प्रकम्पमधारयत् ॥ वाक्छल्यैस्ताड्यमानस्तु कंसेनादीर्घदर्शिना ॥ क्षमां मनसि संधाय नोत्तरं प्रत्यभाषत ॥ १०० ॥ ये तु तं ददृशुस्तत्र क्षिप्यमाणमनेकधा ॥ धिग्धिगित्यसकृत्तं वै शनैरूचुरवाङ्मुखाः ॥ १०१ ॥ अक्रूरस्तु महातेजा जानन्दिव्येन चक्षुषा ॥ जलं दृष्ट्वेव तृषितः प्रेषितः प्रीतिमानभूत् ॥१०२॥ तस्मिन्नेव मुहूर्ते तु मथुरायाः स निर्ययौ ॥ प्रीतिमान्पुण्डरीकाक्षं द्रष्टुं दानपतिः स्वयम् ॥१०३॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अक्रूरप्रस्थानं नाम त्रयोविंशोऽध्यायः ॥ २३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ क्षिप्तं यदुवृषं दृष्ट्वा सर्वे ते यदुपुङ्गवाः ॥ निपीड्य श्रवणान्हस्तैर्मेनिरे तं गतायुषम् ॥ १ ॥ अन्धकोऽनुद्विग्नमना धैर्याद्विकृतं वचः ॥ प्रोवाच वदतां श्रेष्ठः समाजे कंसमोजसा ॥ २ ॥ अश्लाघ्यो महतां पुत्रे तवायं वाक्परिश्रमः ॥ अयुक्तो गर्हितः सद्भिर्बान्धवेषु विशेषतः ॥ ३ ॥ अयादवो यदि भवाञ्शृणु तावद्यदुच्यते ॥ न हि त्वां यादवं वीर बलात्कुर्वन्ति यादवाः ॥ ४ ॥ अश्लाघ्या वृष्णयः पुत्र येषां त्वमनुशासिता ॥ इक्ष्वाकुवंशजो राजा विनिवृत्तः स्ववंशकृत् ॥ ५ ॥ भोजो वा यादवो वाऽसि कंसो वाऽसि यथा तथा ॥ सहजं ते शिरस्तात जटी मुण्डोऽपि वा भव ॥ ६ ॥ उग्रसेनस्त्वयं शोच्यो योऽस्माकं कुलपांसनः ॥ दुर्जातीयेन येन त्वमीदृशो जनितः सुतः ॥ ७ ॥ न चात्मनो

(कंसके प्रति अन्धकके वचन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! महात्मा यादवगण यदुराज कंसको विक्षिप्त देखकर हाथोंसे कान मूँदते हुए उसे मृत्युमुखमें पड़ा हुआ मानने लगे ॥ १ ॥ इधर वाग्मिवर अन्धक (उग्रसेन) ने निर्भीकभावसे भरी सभामें कंसको सम्बोधित करके कहा—वत्स! तुम्हारी बातें अच्छी नहीं हैं। विशेष करके किसी बान्धवके प्रति इस प्रकारका वाक्परिश्रम भले लोगोंमें निन्दनीय और बहुत अनुचित है ॥ २ ॥ ३ ॥ यदि तुम यदुवंशियोंमें नहीं रहना चाहते तो यादव तुम्हें बलपूर्वक यादववंशी नहीं कहना चाहेंगे ॥ ४ ॥ तुम शासक हो सो ठीक है, किन्तु वृष्णिवंशी लोग तुम्हें घृणाकी दृष्टिसे देखते हैं। तुम्हें देखकर ऐसा लगता है कि मानो राजा असमंजस पुनः लौट आया है ॥ ५ ॥ तुम भोजवंशी होओ या यदुवंशी, अन्तमें कंस हो। तुम चाहो तो बाल बढ़ाकर जटाधारी बाबाजी अथवा इच्छा हो तो पूरा मस्तक मुड़वाकर मुण्डी बन जाओ ॥ ६ ॥ तुम्हारे द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu-Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुलाधम उग्रसेन ही शोचनीय स्थितिमें है। क्योंकि यदि उग्रसेन स्वयं दुर्जन न होता तो उसकी सन्तान ऐसी होती ही कैसे ? ॥७॥ हे तात ! मनीषीजन अपने मुँहसे अपने गुण नहीं बखानते। जब अन्य लोग उसके गुणोंका कीर्तन करते हैं, तभी सफलता मिलती है ॥ ८ ॥ तुम अभी निरे बालक हो। साथ ही कुलनाशक और नितान्त मूर्ख भी हो। तुम्हारे शासक होनेपर इस भूमण्डलके राजाओंमें यदुवंश निन्दनीय हुआ है ॥ ९ ॥ तुम सोचते होगे कि मैंने बहुत अच्छी बात कही है, किन्तु तुम्हारे गर्हित वचनोंसे कोई काम नहीं बना। बल्कि तुम स्वयं लोगोंकी दृष्टिमें हेय बने और अपनी तुच्छता प्रकट कर दी ॥ १० ॥ अभिमानशून्य और पूज्यतम गुरुजनोंके प्रति ब्रह्महत्याके समान दारुण पापरूपी आक्षेपको कौन अच्छा कहकर प्रशंसा करेगा ? ॥११॥ अग्निके समान तेजस्वी वृद्ध व्यक्तियोंके समीप जाना और उनका सम्मान करना आवश्यक कर्तव्य है। क्योंकि किसी कारण उनके कुपित हो जानेपर इस लोककी बात तो दूर रही, वे तपस्याके द्वारा अर्जित लोक तकको भस्म कर देते हैं ॥ १२ ॥ जो संयमी विद्वान् अपना अभ्युदय चाहता हो, वह जलमें विचरनेवाली मछलियोंकी गतिकी तरह

गुणांस्तात प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ परेणोक्ता गुणा गौण्यं यान्ति वेदार्थसंमिताः ॥ ८ ॥ पृथिव्यां यदुवंशोऽयं निन्दनीयो महीक्षिताम् ॥ बालः कुलान्तकृन्मूढो येषां त्वमनुशासिता ॥ ९ ॥ एतैरसाधुभिर्वाक्यैस्त्वया साध्विति भाषितैः ॥ न चाप्यासादितं कार्यमात्मा च विवृतः कृतः ॥ १० ॥ गुरोरनवलिप्तस्य मान्यस्य महतामपि ॥ क्षेपणं कः शुभं मन्येद् द्विजस्येव वधे कृते ॥ ११ ॥ मान्याश्चैवाभिगम्याश्च वृद्धास्तात यथाग्नयः ॥ क्रोधो हि तेषां प्रदहेल्लोकानन्तर्गतानपि ॥ १२ ॥ बुधेन तात दान्तेन नित्यमभ्युच्छ्रितात्मना ॥ धर्मस्य गतिरन्वेष्या मत्स्यस्य गतिरप्स्विव ॥ १३ ॥ केवलं त्वं तु दर्पेण वृद्धानग्निसमानिह ॥ वाचा तुदसि मर्मघ्न्या त्वमन्त्रोक्ता यथाहुतिः ॥ १४ ॥ वसुदेवं च पुत्रार्थे यदिमं परिगर्हसि ॥ तत्र मिथ्या प्रलापं ते निन्दामि कृपणं वचः ॥ १५ ॥ दारुणे च पिता पुत्रे नैव दारुणतां व्रजेत् ॥ पुत्रार्थे ह्यापदः कष्टाः पितरः प्राप्नुवन्ति हि ॥ १६ ॥ छादितो वसुदेवेन यदि पुत्रः शिशुस्तदा ॥ मन्यसे यद्यकर्तव्यं तत्पृच्छ पितरं स्वकम् ॥ १७ ॥ गर्हतो वसुदेवं च यदुवंशं च निन्दता ॥ त्वया यादवपुत्राणां वैरजं विषमार्जितम् ॥१८॥ अकर्तव्यं यदि कृतं वसुदेवेन पुत्रजम् ॥ किमर्थमुग्रसेनेन शिशुस्त्वं न निपातितः ॥ १९ ॥

धर्मकी गतिका अन्वेषण करे ॥ १३ ॥ जिस प्रकार बिना मन्त्रकी आहुति देनेसे अग्निको अन्तर्दाह होता है, उसी प्रकार अहंकारवश अग्नितुल्य वृद्धजनोंको चोट पहुँचानेवाली बातें कहकर तू उनके हृदयमें अन्तर्दाह उत्पन्न कर रहा है ॥१४॥ तुम जो पुत्रके लिए वसुदेवको कोस रहे हो, यह तुम्हारा व्यर्थका प्रलाप है। मैं तुम्हारी इन व्यर्थ बातोंकी प्रशंसा नहीं कर सकता ॥ १५ ॥ देखो, पुत्र पिताके प्रति निर्दय हो सकता है, किन्तु पिता पुत्रके प्रति वैसा निर्दयी नहीं हो सकता। बल्कि पिता तो पुत्रके लिए अनेक प्रकारके कष्ट सहता है ॥१६॥ माना कि वसुदेवने पुत्रको छिपा दिया। हो सकता है कि तुम उस कार्यको अनुचित समझते होओ, किन्तु वह कर्तव्य है या अकर्तव्य, यह अपने पिता उग्रसेनसे पूछो ॥ १७ ॥ वसुदेव और यदुवंशकी निन्दा करनेसे कुछ लाभ तो नहीं हुआ, हाँ—यादवोंमें वैरजनित विष अवश्य फैल गया ॥ १८ ॥ पुत्रके लिए यदि वसुदेवका कार्य अकर्तव्य हो सकता है तो शैशवकालमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ही उग्रसेनने तुम्हें क्यों नहीं मार डाला ? ॥ १९ ॥ पुत्र पिताको पुंनामके नरकसे उबारता है इसी कारण धार्मिक महापुरुषोंने सन्तानका 'पुत्र' नाम रखा है ॥ २० ॥ कृष्ण और बलराम दोनों युवकोंके प्रति तुमने जन्मसे ही वैरभाव रखा है, उसी तरह उनके भी हृदयमें तुम्हारे प्रति वैरभाव दृढ़ हो गया है ॥ २१ ॥ विशेष करके वसुदेवकी निन्दा करनेसे यहाँके सभी यादवोंका हृदय काँप उठा है और कृष्ण भी कुपित हो गये हैं। इसी कारण ये अशुभ लक्षण दिखायी दे रहे हैं और इन्हें देखकर ही तुम्हारे मनमें विचित्र प्रकारकी आशंकायें उठ रही हैं ॥ २२ ॥ २३ ॥ रात्रिके पिछले पहर सर्प तथा दुःस्वप्नका दर्शन मथुराके वैधव्यका द्योतक है ॥२४॥ विशेष क्रूर ग्रह राहु स्वाती नक्षत्रके साथ मिलकर आकाशमें किरणमालाका विस्तार कर रहा है। विकराल स्वरूप मंगल ग्रह चित्रा नक्षत्रपर जा पहुँचा है ॥ २५ ॥ पश्चिमी सन्ध्या बुध ग्रहके भयानक तेजसे व्याप्त हो गयी है। शुक्र सूर्यका उल्लंघन करके अग्निके पथपर विचर रहा है ॥ २६ ॥ धूमकेतुके पुच्छभागसे भरणी आदि तेरह नक्षत्रोंकी गति अवरुद्ध हो गयी है। वे चन्द्रमाका अनुसरण नहीं कर पा रहे हैं ॥२७॥ पूर्वसन्ध्या (प्रातःकाल)

पुन्नाम्नो नरकात्पुत्रो यस्मात्त्राता पितॄन्स्तदा ॥ तस्माद् ब्रुवन्ति पुत्रेति पुत्रं धर्मविदो जनाः ॥ २० ॥ जात्या हि यादवः कृष्णः स च संकर्षणो
युवा ॥ त्वं चापि विधृतस्ताभ्यां जातवैरेण चेतसा ॥२१॥ उद्धूतानीह सर्वेषां यदूनां हृदयानि वै ॥ वसुदेवे त्वयाऽऽक्षिप्ते वासुदेवे च कोपिते ॥२२॥
कृष्णे च भवतो द्वेष्ये वसुदेवविगर्हणात् ॥ शंसन्ति चेमानि भयं निमित्तान्यशुभानि ते ॥ २३ ॥ सर्पाणां दर्शनं तीव्रं स्वप्नानां च निशाक्षये ॥
पुर्या वैधव्यशंसीनि कारणैरनुमीमहे ॥ २४ ॥ एष घोरो ग्रहः स्वातीमुल्लिखन्खे गभस्तिभिः ॥ वक्रमङ्गारकश्चक्रे चित्रायां घोरदर्शनः ॥ २५ ॥
बुधेन पश्चिमा संध्या व्याप्ता घोरेण तेजसा ॥ वैश्वानरपथे शुक्रो ह्यतिचारं चचार ह ॥ २६ ॥ केतुना धूमकेतोस्तु नक्षत्राणि त्रयोदश ॥ भरण्या-
दीनि भिन्नानि नानुयान्ति निशाकरम् ॥ २७ ॥ प्राक्संध्या परिघग्रस्ता भाभिर्बाधति भास्करम् ॥ प्रतिलोमं च यान्त्येव व्याहरन्तो मृगद्विजाः
॥ २८ ॥ शिवा श्मशानान्निष्क्रम्य निःश्वासाङ्गारवर्षिणी ॥ उभे संध्ये पुरीं घोरा पर्येति बहु वाशती ॥ २९ ॥ उल्कानिर्घातनादेन पपात धरणी-
तले ॥ चलत्यपर्वणि मही गिरीणां शिखराणि च ॥ ३० ॥ ग्रस्तः स्वर्भानुना सूर्यो दिवा नक्तमजायत ॥ धूमोत्पातैर्दिशो व्याप्ताः शुष्काशनिस-
माहताः ॥ ३१ ॥ प्रस्रवन्ति घना रक्तं साशनिस्तनयित्नवः ॥ चलिता देवताः स्थानात्त्यजन्ति विहता नगान् ॥ ३२ ॥ यानि राजविनाशाय

टेढ़े आकारके परिघसे अंकित एक विचित्र आभा सूर्यमण्डलमें व्याप्त होकर सूर्यके प्रकाशमें बाधा पहुँचा रही है। वनपशु और पक्षी विकृत स्वरमें बोलते हुए प्रतिकूल दिशाकी ओर भाग रहे हैं ॥ २८ ॥ भयंकर सियारिनें श्मशानसे निकलकर प्रातः-सायं दोनों समय चिल्लाती तथा मुखसे श्वासरूपी आग उगलती हुई नगरमें चक्कर लगाती हैं ॥२९॥ धरतीपर बराबर उल्कापात और वज्रपात हो रहे हैं। अकारण पृथिवी और पर्वतोंके शिखर काँप रहे हैं ॥ ३० ॥ कभी-कभी सूर्यभगवान राहुसे ग्रस्त हो जाते हैं, जिससे दिन रातके सदृश दीखता है। जल नहीं बरसता, फिर भी वज्रपातकी कर्कश ध्वनि सुनायी देती है और दसों दिशाओंमें धुआँ व्याप्त दिखायी देता है ॥३१॥ मेघ भयंकररूपसे गर्जन करते हुए रक्तकी वर्षा करते हैं। देवता अपने-अपने स्थानसे विचलित हो गये हैं और पक्षियोंने निवास त्याग दिया है ॥ ३२ ॥ ज्योतिषियोंने राजविनाशके जो निमित्त बताये हैं, वे सब अशुभ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लक्षण स्पष्ट दिखायी दे रहे हैं ॥३३॥ तुम भी स्वजनद्वेषी, राजधर्मसे विमुख तथा अकारण क्रोधी हो गये हो। यही कारण है कि तुम्हारे समक्ष मृत्युभय उपस्थित हो गया है ॥ ३४ ॥ जब तुम मोहवश देवोपम तथा वसुओंके समान प्रभावशाली वृद्ध वसुदेवको अपमानित करते हो तो हे दुर्बुद्धे! तुम्हारी आत्माको शान्ति कैसे प्राप्त हो सकती है? ॥ ३५ ॥ आजतक तुमपर हम लोगोंका जो स्नेह था, वह भी अब नहीं रहा। तुम मेरे वंशके कुलांगार हो। अतएव अब हम तुम्हारी जीहजूरी नहीं करेंगे ॥ ३६ ॥ अहो! दानाध्यक्ष अक्रूर ही धन्य हैं। क्योंकि वे व्रजमें जा तथा कमललोचन कृष्णका दर्शन करके अपना जीवन सार्थक करेंगे ॥ ३७ ॥ तुम्हारे कारण ही यदुवंशका मूलोच्छेद हुआ है। कृष्ण अपने ज्ञातिबन्धुओंकी सहायतासे सभी गुप्त वार्तोंका भी पता पा जायँगे ॥ ३८ ॥ तुम बुद्धिमान् वसुदेवको जो चाहो सो कहो। क्योंकि उन्होंने तुम्हें क्षमा कर दिया है। लेकिन यह

देवज्ञाः कथयन्ति हि ॥ तानि सर्वाणि पश्यामो निमित्तान्यशुभानि वै ॥ ३३ ॥ त्वं चापि स्वजनद्वेषी राजधर्मपराङ्मुखः ॥ अनिमित्तागतक्रोधः सन्निकृष्टभयो ह्यसि ॥ ३४ ॥ यस्त्वं देवोपमं वृद्धं वसुदेवं वसूपमम् ॥ मोहात्क्षिपसि दुर्बुद्धे कुतस्ते शान्तिरात्मनः ॥ ३५ ॥ त्वद्गतो यो हि नः स्नेहस्तं त्यजामोऽद्य वै वयम् ॥ अहितं स्वस्य वंशस्य न त्वां वयमुपास्महे ॥ ३६॥ स हि दानपतिर्धन्यो यो द्रक्ष्यति वने गतम् ॥ पुण्डरीकविशालाक्षं कृष्णमक्लिष्टकारिणम् ॥ ३७ ॥ छिन्नमूलो ह्ययं वंशो यदूनां त्वत्कृते कृतः ॥ कृष्णो ज्ञातीन्समानाय्य स सन्धानं करिष्यति ॥ ३८ ॥ क्षान्तमेव तवानेन वसुदेवेन धीमता ॥ कालः सम्यक्परिज्ञातो ब्रूहि त्वं यद्यदिच्छसि ॥ ३९ ॥ मह्यं तु रोचते कंस वसुदेवसहायवान् ॥ गच्छ कृष्णस्य निलयं संधिस्तेन च रोचताम् ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अन्धकवचने चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अन्धकस्य वचः श्रुत्वा कंसः संरक्तलोचनः ॥ किञ्चिदब्रवीत्क्रोधाद्विवेश स्वं निकेतनम् ॥ १ ॥ ते च सर्वे यथावेश्म यादवाः श्रुतविस्तराः ॥ जग्मुर्विगतसंकल्पाः कंसवैकृतशंसिनः ॥ २ ॥ अक्रूरोऽपि यथाऽऽज्ञप्तः कृष्णदर्शनलालसः ॥ जगाम रथमुख्येन मनसा तुल्यगामिना ॥३॥ कृष्णस्यापि निमित्तानि शुभान्यङ्गगतानि वै ॥ पितृतुल्येन शंसन्ति बान्धवेन समागमम् ॥ ४ ॥ प्रागेव च नरेन्द्रेण माथुरेणो-

समझ लो कि तुम्हारी मृत्यु समीप आ गयी है ॥ ३९ ॥ मेरा मन्तव्य तो यह है कि तुम वसुदेवको साथ लेकर कृष्णके पास जाओ और उनसे सन्धि कर लो ॥४०॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

(केशीवधका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! अन्धकके वचन सुनकर कंसके नेत्र लाल हो गये और विना कुछ कहे क्रोधाकुल भावसे वह अपने घर चला गया ॥१॥ सभामें उपस्थित सभी यादव भी अन्धककी बातें सुन और कंसके अभिप्रायसे अभिज्ञ होकर 'अब कंसकी मृत्यु सन्निकट है' ऐसा कहते हुए अपने-अपने घर चले गये ॥ २ ॥ उधर कृष्णदर्शनके लिए उत्सुक अक्रूर भी कंसके आदेशानुसार मनके सदृश वेगसे चलनेवाले रथपर सवार होकर चल पड़े ॥ ३ ॥ इधर पितातुल्य बान्धवके साथ समागमकी सम्भावनासे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवान कृष्णके अंग फड़कने आदि शुभ लक्षण दिखाई देने लगे ॥ ४ ॥ इसके पहले ही मथुराधीश और उग्रसेनतनय कंसने श्रीकृष्णका विनाश करनेके लिए मनुष्योंके लिए दुःखदायी केशी दैत्यके पास अपना दूत भेजा था ॥ ५ ॥ दूतके मुखसे राजसन्देश सुनकर दुरात्मा केशी वृन्दावन गया और वहाँ गोपोंपर विविध प्रकारके अत्याचार करके उन्हें सताने लगा ॥६॥ भयानक तथा अश्वरूपधारी दैत्य केशी क्रुद्ध भावसे मनुष्यमांस खाता हुआ वृन्दावनमें उत्पात मचाने लगा ॥ ७ ॥ वहाँ वह दुर्मद दैत्य गौओं और गोपोंका वध करता तथा गोमांसका भोजन करता हुआ बेरोक-टोक इच्छानुसार भ्रमण करने लगा ॥ ८ ॥ उसके उत्पातसे वृन्दावन श्मशान बन गया और जहाँ-तहाँ मनुष्योंके मांस तथा अस्थियोंकर ढेर दिखायी देने लगा । वह दुष्ट जहाँ जाता था, वहाँकी भूमि उसके खुरोंके प्रहारसे विदीर्ण हो जाती थी । वह अपने वेगसे वृक्षोंको उखाड़ डालता था । वह दैत्य अपने चीत्कारसे वायुके साथ स्पर्धा

ग्रसेनिना ॥ केशिनः प्रेषितो दूतो वधायोपेन्द्रकारणात् ॥ ५ ॥ स च दूतवचः श्रुत्वा केशी क्लेशकरो नृणाम् ॥ वृन्दावनगतो गोपान्बाधते स्म दुरासदः ॥ ६ ॥ मानुषं मांसमश्नानः क्रुद्धो दुष्टपराक्रमः ॥ दुर्दान्तो वाजिदैत्योऽसावकरोत्कदनं महत् ॥ ७ ॥ निघ्नन्गा वै सगोपाला गवां पिशितभोजनः ॥ दुर्मदः कामचारी च स केशी निरवग्रहः ॥ ८ ॥ तदरण्यं श्मशानाभं नृणां मांसास्थिभिर्वृतम् ॥ यत्रास्ते स हि दुष्टात्मा केशी तुरगदानवः ॥९॥ खुरैर्दारयते भूमिं वेगेनारुजते द्रुमान् ॥ हेषितैः स्पर्द्धते वायुं प्लुतैर्लंघयते नभः ॥ १० ॥ अतिप्रवृद्धो मत्तश्च दुष्टोऽश्वो वनगोचरः ॥ आकम्पितसटो रौद्रः कंसस्य चरितानुगः ॥ ११ ॥ ईरिणं तद्वनं सर्वं तेनैवं घोरकर्मणा ॥ कृतं तुरगदैत्येन सर्वान्गोपाञ्जिघांसता ॥ १२ ॥ तेन दुष्टप्रचारेण दूषितं तद्वनं महत् ॥ न नृभिर्गोधनैर्वाऽपि सेव्यते वनवृत्तिभिः ॥ १३ ॥ निःसंपातः कृतः पन्थास्तेन तद्विषयाश्रयः ॥ मदाचलितवृत्तेन नृमांसान्यश्नता भृशम् ॥१४॥ नृशब्दानुसरः क्रुद्धः स कदाचिद्वनागमे ॥ जगाम घोषसंवासं चोदितः कालधर्मणा ॥१५॥ तं दृष्ट्वा दुद्रुवुर्गोपाः स्त्रियश्च शिशुभिः सह ॥ क्रन्दमाना जगन्नाथं कृष्णं नाथमुपाश्रिताः ॥ १६ ॥ तासां रुदितशब्देन गोपानां क्रन्दितेन च ॥ दत्त्वाऽभयं तु कृष्णो वै केशिनं सोऽभिदुद्रुवे ॥ १७ ॥ केशी चाप्युन्नतग्रीवः प्रकाशदशनेक्षणः ॥ हेषमाणो जवोदग्रो गोविन्दाभिमुखो ययौ ॥ १८ ॥

करता था और अपनी कूँद-फाँदसे आकाशका भी उल्लंघन कर जाता था ॥ ९ ॥ १० ॥ उसकी गर्दनके बाल खड़े थे । उसका शरीर बड़ा विकराल था और उसका व्यवहार कंसके समान था ॥ ११ ॥ उस पापीने सब गोपांको नष्ट कर देनेके लिए उद्यत होकर सारे वृन्दावनको मानव-समागमसे शून्य कर दिया ॥ १२ ॥ उस दुष्ट दैत्यने सारे वनको दूषित कर डाला, जिससे वहाँ गौओं तथा मनुष्योंका आवागमन रुक गया । वह पापात्मा अहंकारसे उन्मत्त और मानवमांसका भक्षक बन गया था ॥ १३ ॥ १४ ॥ एक समय कालसे प्रेरित होकर वह मनुष्योंके शब्दका अनुसरण करता हुआ व्रजमें गया ॥ १५ ॥ उसे देखते ही सब गोप और गोपियाँ अपने-अपने बच्चोंको लेकर रोती-चिल्लाती हुई बड़े वेगसे भागकर समस्त ब्रह्माण्डके शरणदाता भगवान कृष्णकी शरणमें जा पहुँचीं ॥ १६ ॥ गोपियोंका रुदन और गोपोंकी चिल्लाहट सुनकर श्रीकृष्णने उन्हें अभय क्रिया और केशीकी ओर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चले ॥ १७ ॥ केशी भी कृष्णको आते देख गर्दन उठा तथा दाँत और नेत्र फाड़कर चीत्कार करता हुआ बड़े वेगसे उनकी ओर दौड़ा ॥१८॥ भगवानने भी उसे अपनी ओर आते देखा तो मेघ जैसे चन्द्रमाके समक्ष जाता है, उसी प्रकार वे भी उसके समक्ष जा उपस्थित हुए ॥ १९ ॥ भगवान कृष्णको केशीके समक्ष उपस्थित देखकर वे मानवबुद्धि तथा कृष्णके शुभचिन्तक गोप कहने लगे—॥ २० ॥ हे तात ! हे कृष्ण !! तुम अभी बालक हो। अतएव उसके समीप मत जाना। वह पापी कंसका प्राणतुल्य प्रिय सहोदर भाई है। अश्वोंमें वह बड़ा बलवान् और श्रेष्ठ है। युद्धमें इसके समान पराक्रमी कोई नहीं है ॥ २१ ॥ २२ ॥ इस अत्यधिक बलवान् अश्व केशीको देखकर सब लोग काँप उठते हैं। यह सभी प्राणियों द्वारा अवध्य और सबसे बड़ा पापी है ॥२३॥ शत्रुनाशन भगवान कृष्ण गोपोंके वचन सुनकर दुष्ट दैत्य केशीके साथ युद्ध करनेके लिए तैयार हो गये ॥२४॥ तदनन्तर उस अश्वरूपधारी

तमापतन्तं संप्रेक्ष्य केशिनं हयदानवम् ॥ प्रत्युज्जगाम गोविन्दस्तोयदः शशिनं यथा ॥ १९ ॥ केशिनस्तु तमभ्याशे दृष्ट्वा कृष्णमवस्थितम् ॥
मनुष्यबुद्धयो गोपाः कृष्णमूचुर्हितैषिणः ॥ २० ॥ कृष्ण तात न खल्वेष सहसा ते हयाधमः ॥ उपसर्प्यो भवान्बालः पापश्चैष दुरासदः ॥ २१ ॥
एष कंसस्य सहजः प्राणस्तात बहिश्चरः ॥ उत्तमश्च हयेंद्राणां दानवोऽप्रतिमो युधि ॥ २२ ॥ त्रासनः सर्वभूतानां तुरगाणां महाबलः ॥ अवध्यः
सर्वभूतानां प्रथमः पापकर्मणाम् ॥२३॥ गोपानां तद्वचः श्रुत्वा वदतां मधुसूदनः ॥ केशिना सह युद्धाय मतिं चक्रेऽरिसूदनः ॥२४॥ ततः सव्यं
दक्षिणं च मण्डलं स परिभ्रमन् ॥ पद्भ्यामुभाभ्यां स हयः क्रोधेनारुजते द्रुमान् ॥ २५ ॥ मुखे लम्बसटे चास्य स्कन्धे केशघनावृते ॥ वलयोऽभ्र-
तरङ्गाभाः सुस्रुवुः क्रोधजं जलम् ॥२६॥ सफेनं वक्त्रजं चैव ववर्ष रजसाऽऽवृतम् ॥ हिमकाले यथा व्योम्नि नीहारमिव चन्द्रमाः ॥२७॥ गोविन्द-
मरविन्दाक्षं हेषितोद्गारशीकरैः ॥ सफेनैर्वक्त्रनिर्गीर्णैः प्रोक्षयामास भारत ॥ २८ ॥ खुरोद्धूतावसिक्तेन मधुकक्षोदपाण्डुना ॥ रजसा स हयः कृष्णं
चकारारुणमूर्धजम् ॥ २९ ॥ प्लुतवल्गितपादस्तु तक्षमाणो धरां खुरैः ॥ दन्तान्निर्दशमानस्तु केशी कृष्णमुपाद्रवत् ॥ ३० ॥ स संसक्तस्तु कृष्णेन
केशी तुरगसत्तमः ॥ पूर्वाभ्यां चरणाभ्यां वै कृष्णं वक्षस्यताडयत् ॥ ३१ ॥ पुनः पुनः स च बली प्राहिणोत्पार्श्वतः खुरान् ॥ कृष्णस्य दानवो
घोरं प्रहारममितौजसः ॥ ३२ ॥ वक्त्रेण चास्य घोरेण तीक्ष्णदंष्ट्रायुधेन वै ॥ अदशद्बाहुशिखरं कृष्णस्य रुषितो हयः ॥ ३३ ॥ स लम्बकेसरसटः

दैत्यने क्षण भर दाहिनेसे बायें और बायेंसे दाहिने चक्कर काटते हुए पिछले दोनों पैरोंसे आस-पासके वृक्षोंको धराशायी कर दिया ॥ २५ ॥ लम्बी सटा तथा लम्बे केश द्वारा ढंके उसके मुख तथा कन्धेसे क्रोधजनित पसीना बहने लगा ॥२६॥ हेमन्त ऋतुमें जैसे चन्द्रमासे हिमकी वर्षा होती है, उसी प्रकार उसके मुखसे धूलिमिश्रित फेन बहने लगा ॥२७॥ चीत्कार करते समय उसके मुखसे निकले फेन द्वारा उसका सारा शरीर भर गया ॥२८॥ खुरोंका प्रहार करते समय महुआके पुष्परज सदृश पीले रंगकी जो धूल उड़ी, उससे भगवान कृष्णके केश लाल हो गये ॥२९॥ इस प्रकार पादप्रक्षेप तथा खुरप्रहारसे पृथिवीको क्षत-विक्षत करके दाँतोंसे दाँतोंको पीसता हुआ वह भगवानकी ओर दौड़ा ॥३०॥ सामना होनेपर केशीने अगले दोनों पैरोंसे श्रीकृष्णकी छातीपर प्रहार कर दिया। इसके बाद वह भगवानके पार्श्वभागमें बारम्बार पादप्रहार करने लगा और मौका पाकर उसने अत्यधिक क्रुद्ध होकर अपने तीखे दाँतोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनके हाथमें काट लिया ॥ ३१-३३ ॥ उसके लटकते हुए केशोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो सूर्यभगवान बादलोंमें छिप गये हैं ॥ ३४ ॥ उस समय अत्यधिक क्रोधके कारण उसका बल दूना हो गया था। इसके बाद उसने अपनी छातीसे श्रीकृष्णकी छाती तोड़ देनेकी अभिलाषा की ॥ ३५ ॥ असाधारण पराक्रमी कृष्णने भी अपना हाथ बढ़ाकर उसके मुखमें घुसेड़ दिया ॥ ३६ ॥ किन्तु वह भगवानकी भुजाको न चबा सका और न विदीर्ण ही कर सका। प्रत्युत उसके दाँतोंके मसूड़े तक फट गये और मुखसे फेनमिश्रित रुधिर निकलने लगा ॥ ३७ ॥ उसके होंठ फट गये, गण्डस्थल विदीर्ण हो गया और उसकी आँखें नाचने लगीं ॥ ३८ ॥ उसका हनुप्रदेश क्षत-विक्षत हो गया, आँखोंमें खून उतर आया, कान खड़े हो गये और चेतना नष्ट हो गयी। जिससे वह अश्वरूपी दानव अपने अंग फड़फड़ाने लगा ॥ ३९ ॥ इसके बाद वह पैरोंके सहारे उठनेकी चेष्टा करने लगा, किन्तु किसी तरह उठ नहीं सका। उसके मलद्वार तथा मूत्रद्वारसे विष्ठा-मूत्र निकलने लगा। उसके रोयें शिथिल तथा गीले हो गये। बादमें वह एकदम थक गया और उसके पैरोंकी फड़फड़ाहट भी समाप्त हो गयी ॥४०॥

कृष्णेन सह संगतः ॥ रराज केशी मेघेन संसक्तः ख इवांशुमान् ॥ ३४ ॥ उरस्तस्योरसा हन्तुमियेष बलवान्हयः ॥ वेगेन वासुदेवस्य क्रोधाद्द्विगुणविक्रमः ॥ ३५ ॥ तस्योत्सिक्तस्य बलवान्कृष्णोऽप्यमितविक्रमः ॥ बाहुमाभोगिनं कृत्वा मुखे क्रुद्धः समादधत् ॥ ३६ ॥ स तं बाहुमसक्तो वै खादितुं भेत्तुमेव च ॥ दशनैर्मूलनिर्मुक्तैः सफेनं रुधिरं वमन् ॥ ३७ ॥ विपाटिताभ्यामोष्ठाभ्यां कटाभ्यां विदलीकृतः ॥ अक्षिणी विकृते चक्रे विस्तृते मुक्तबन्धने ॥ ३८ ॥ निरस्तहनुराविष्टः शोणिताक्तविलोचनः ॥ उत्कर्णो नष्टचेतस्तु स केशी चक्रवद्भ्रमन् ॥ ३९ ॥ उत्पतन्नसकृत्पादैः शकृन्मूत्रं समुत्सृजन् ॥ खिन्नाङ्गरोमा श्रान्तस्तु निर्यत्नचरणोऽभवत् ॥ ४० ॥ केशिवक्त्रविलग्नस्तु कृष्णबाहुरशोभत ॥ व्याभुग्न इव घर्मान्ते चन्द्रार्धकिरणैर्घनः ॥४१॥ केशी च कृष्णसंसक्तः शान्तगात्रो व्यरोचत ॥ प्रभातावनतश्चन्द्रः श्रान्तो मेरुमिवाश्रितः ॥४२॥ तस्य कृष्णभुजोद्धूताः केशिनो दशना मुखात् ॥ पेतुः शरदि निस्तोयाः सिताभ्रावयवा इव ॥ ४३ ॥ स तु केशी भृशं श्रान्तः कृष्णेनाक्लिष्टकर्मणा ॥ स्वभुजं स्वायतं कृत्वा पाटितो बलवत्तदा ॥ ४४ ॥ स पाटितो भुजेनाजौ कृष्णेन विकृताननः ॥ केशी नदन्महानादं दानवो व्यथितस्तदा ॥ ४५ ॥ विघूर्णमानः स्रस्ताङ्गो मुखाद्रुधिरमुद्वमन् ॥ भृशं व्यङ्गीकृतवपुर्निकृत्तार्द्ध इवाचलः ॥ ४६ ॥ व्यादितास्यो महारौद्रः सोऽसुरः कृष्णबाहुना ॥ निपपात यथा

श्रीकृष्ण भगवानका हाथ उसके मुखमें ऐसा लग रहा था कि मानो वर्षा ऋतुमें चन्द्रमाकी आधी किरणोंके बीच कोई बादल विद्यमान हो ॥ ४१ ॥ भगवान कृष्णके शरीरका संस्पर्श पाकर केशी इस प्रकार सुशोभित हुआ, जैसे प्रातःकालके समय चन्द्रदेव शान्त तथा निस्तेज होकर सुमेरुपर्वतपर विश्राम करने जा रहे हैं ॥ ४२ ॥ उसके सब दाँत भगवानका हाथ लगते ही उखड़कर भूमिपर गिर पड़े। उन्हें देखकर ऐसा लगा कि मानों जलशून्य एवं शरत्कालीन मेघ पृथिवीपर गिर गये हैं ॥ ४३ ॥ हे महाराज जनमेजय! अक्लिष्टकर्मा कृष्णके इस उद्योगसे केशी बहुत थक गया। इसके बाद उन्होंने अपनी भुजा और बढ़ाकर उसका मुख बलपूर्वक फाड़ डाला ॥ ४४ ॥ भुजा द्वारा इस प्रकार मुँह फाड़ दिये जानेपर उसका मुख विकृत हो गया और अत्यधिक व्यथित होकर केशी बड़े जोरोंके साथ चीत्कार करता हुआ पृथिवीपर गिर पड़ा ॥४५॥ गिरकर वह अपने अङ्ग फड़फड़ाता तथा लोटता हुआ चिल्लाने लगा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसके मुखसे रुधिरकी धारा बहने लगी और वह अर्धपाटित पर्वतके समान विकलांग हो गया ॥४६॥ भगवानके उद्योगसे मुँह फाड़े हुए वह दैत्य जब मरकर भूमिपर गिरा तो ऐसा लगा कि मानो कोई पर्वत फाड़ तथा दो भागोंमें विभक्त करके भूमिपर गिरा दिया गया हो ॥ ४७ ॥ श्रीकृष्णकी भुजा द्वारा परिपाटितशरीर केशीका रूप ऐसा दीखने लगा कि मानो शंकरजीके द्वारा निहत कोई महापशु पृथिवीपर गिरा पड़ा हुआ है ॥ ४८ ॥ उसके पैर, पूँछ, पीठ, कान, नेत्र और नासिका आदि अवयवोंके साथ समस्त शरीरके दो टुकड़े होकर धरतीपर पड़े थे ॥ ४९ ॥ केशीके दाँतोंसे चिह्नित कृष्णका हाथ वनमें गजराजके दाँतोंसे अंकित महान् तालवृक्षके सदृश सुन्दर लग रहा था ॥ ५० ॥ कमलनयन कृष्ण इस प्रकार केशीको मार तथा उसका शरीर खंड-खंड करके उसी जगह खड़े-खड़े हँसने लगे ॥ ५१ ॥ केशीको मरा हुआ पड़ा देखकर व्रजके सब गोप और गोपियाँ बहुत प्रसन्न हुईं। क्योंकि ऐसा होनेसे उनका सारा विघ्न और सारा अवसाद दूर हो गया था ॥ ५२ ॥ वहाँके सभी गोप अपनी अवस्थाके अनुसार भगवानके पास गये और उनकी पूजा कर-करके

कृत्तो नागो हि द्विदलीकृतः ॥ ४७ ॥ बाहुना कृत्तदेहस्य केशिनो रूपमाबभौ ॥ पशोरिव महाघोरं निहतस्य पिनाकिना ॥ ४८ ॥ द्विपादपृष्ठ-पुच्छार्द्धे श्रवणैकाक्षिनासिके ॥ केशिनस्तद्द्विधाभूते द्वे चार्द्धे रेजतुः क्षितौ ॥ ४९ ॥ केशिदन्तक्षतस्यापि कृष्णस्य शुशुभे भुजः ॥ वृद्धस्ताल इवारण्ये गजेन्द्रदशनाङ्कितः ॥ ५० ॥ तं हत्वा केशिनं युद्धे कल्पयित्वा च भागशः ॥ कृष्णः पद्मपलाशाक्षो हसंस्तत्रैव तस्थिवान् ॥ ५१ ॥ तं हतं केशिनं दृष्ट्वा गोपा गोपस्त्रियस्तथा ॥ बभूवुर्मुदिताः सर्वे हतविघ्ना हतक्लमाः ॥५२॥ दामोदरं तु श्रीमन्तं यथास्थानं यथावयः ॥ अभ्यनन्दन्प्रियै-र्वाक्यैः पूजयन्तः पुनः पुनः ॥५३॥ गोपा ऊचुः ॥ अहो तात कृतं कर्म हतोऽयं लोककण्टकः ॥ दैत्यः क्षितिचरः कृष्ण हयरूपं समास्थितः ॥५४॥ कृतं वृन्दावनं क्षेमं सेव्यं नृमृगपक्षिणाम् ॥ घ्नता पापमिमं तात केशिनं हयदानवम् ॥ ५५ ॥ हता नो बहवो गोपा गावो वत्सेषु वत्सलाः ॥ नैके चान्ये जनपदा हतानेन दुरात्मना ॥ ५६ ॥ एष संवर्त्तकं कर्त्तुमुद्यतः खलु पापकृत् ॥ नृलोकं निर्नरं कृत्वा चर्तुकामो यथासुखम् ॥५७॥ नैतस्य प्रमुखे स्थातुं कश्चिच्छक्तो जिजीविषुः ॥ अपि देवसमूहेषु किं पुनः पृथिवीतले ॥५८॥ अथाद्यान्तर्हितो विप्रो नारदः खगमो मुनिः ॥ प्रीतोऽस्मि विष्णो देवेश कृष्ण कृष्णेति चाब्रवीत् ॥५९॥ नारद उवाच ॥ यदिदं दुष्करं कर्म कृतं केशिजिघांसया ॥ त्वय्येव केवलं युक्तं त्रिदिवं त्र्यम्बकस्य

प्रियवचनों द्वारा बारम्बार अभिनन्दन करने लगे ॥ ५३ ॥ गोप बोले—हे वत्स ! तुम्हारे द्वारा इस भूमिचारी अश्वरूपी दानव केशीके मारे जानेसे हम सब लोग निष्कण्टक हो गये और वृन्दावन भी निरापद हो गया। अब यहाँ मनुष्य तथा पशु-पक्षी आदि सभी जीव सुखसे विहार कर सकेंगे ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ इस पापीने हमारे अनेक गोप, गौ और अन्यान्य जनपद-वासियोंको मार डाला था ॥ ५६ ॥ इस दुष्टने संसारमें प्रलय उपस्थित करके समस्त भूतलको मानवविहीन करते हुए आनन्दके साथ स्वच्छन्द विचरनेकी इच्छा कर रखी थी ॥ ५७ ॥ जीवित रहनेका अभिलाषी कोई देवता भी इसके सामने नहीं टिक सकता था, फिर मनुष्योंकी बात ही क्या है ॥५८॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! उसी समय आकाशचारी देवर्षि नारद वहाँ जा पहुँचे और अन्तर्हित भावसे भगवान कृष्णको सम्बोधित करके कहने लगे—हे देवेश ! हे कृष्ण !! आपने केशीका विनाशरूपी जो महान् कार्य किया है, उसे आपके सिवाय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वर्ग तथा शिवलोकका भी और कोई व्यक्ति नहीं कर सकता था ॥ ५९ ॥ ६० ॥ आपके प्रति अत्यधिक अनुराग रहनेके कारण मैं यह अश्व तथा मनुष्यका युद्ध देखनेके लिए बहुत उत्सुक होकर स्वर्गधामसे आया हूँ ॥ ६१ ॥ आपके पूतनावध आदि सभी कार्योंको मैंने देखा है, किन्तु हे गोविन्द ! इस केशी दैत्यके विनाशका दृश्य देखकर मैं बहुत अधिक प्रसन्न हुआ हूँ ॥ ६२ ॥ देवराज इन्द्रने बल नामक दैत्यका वध किया था । फिर भी जब यह दुष्ट केशी अपना शरीर बढ़ाता था, तब इन्द्र भी इसे देखकर नितान्त भयभीत हो उठते थे ॥ ६३ ॥ आपने जो अपने आयतपर्व भुजदण्डसे इसका विनाश किया, सो ब्रह्माजीने इसके नाशके लिए ही आपकी भुजाओंकी रचना की थी ॥ ६४ ॥ आपने केशी दैत्यका वध किया है । इस कारण मेरे कथनानुसार अब आप संसारमें 'केशव' इस नामसे विख्यात होंगे ॥ ६५ ॥ आपका कल्याण हो । अब मैं जाता हूँ । अभी भी आपका काम पूरा नहीं हुआ है । आप समर्थ हैं । अतएव अपना कार्य पूर्ण करनेमें किसी प्रकार विलम्ब न करिएगा ॥ ६६ ॥ जब आप शेष कार्योंको पूर्ण करनेमें लग जायँगे, तब देवताओंके समान मनुष्य भी बड़े आनन्दके साथ जीवनयापन कर सकेंगे ॥ ६७ ॥ महाभारतका युद्ध अब दूर नहीं है । जो राजे युद्धभूमिमें मरकर स्वर्गलाभ करनेवाले हैं, उन्हें युद्ध मानो हस्तगत हो चुका है ॥६८॥ स्वर्गका मार्ग साफ हो चुका है और विमानोंपर ध्वजा फहरायी जा चुकी है । स्वर्गमें उन राजाओंके लिए आवासस्थान भी निश्चित किये जा चुके हैं ॥ ६९ ॥ उग्रसेनतनय कंसके मरते और आपके पदस्थ होते ही चारों ओरसे राजाओंका घोर युद्ध छिड़ जायगा ॥ ७० ॥ आपके असाधारण कार्योंको देखकर पाण्डव आपका ही सहारा लेंगे । जब सभी राजाओंमें परस्पर फूट पड़ जायगी, तब आप भी विवश होकर किसी पक्षका अवलम्बन करेंगे ॥ ७१ ॥ जब आप राजसिंहासनपर बैठेंगे तो सभी राजे आपकी अधीनता स्वीकार कर लेंगे । इसमें

वा ॥ ६० ॥ अहं युद्धोत्सुकस्तात त्वद्गतेनांतरात्मना ॥ इदं नरहयं युद्धं द्रष्टुं स्वर्गादिहागतः ॥ ६१ ॥ पूतनानिधनादीनि कर्माणि तव दृष्टवान् ॥ अहं त्वनेन गोविन्द कर्मणा परितोषितः ॥ ६२ ॥ हयादस्मान्महेंद्रोऽपि बिभेति बलसूदनः ॥ कुर्वाणाच्च वपुर्घोरं केशिनो दुष्टचेतसः ॥६३॥ यत्त्वया पाटितो देहो भुजेनायतपर्वणा ॥ एषोऽस्य मृत्युरन्ताय विहितो विश्वयोनिना ॥ ६४ ॥ यस्मात्त्वया हतः केशी तस्मान्मच्छासनं शृणु ॥ केशवो नाम नाम्ना त्वं ख्यातो लोके भविष्यसि ॥ ६५ ॥ स्वस्त्यस्तु भवतो लोके साधु याम्यहमाशुगः ॥ कृत्यशेषं च ते कार्यं शक्तस्त्वमसि मा चिरम् ॥ ६६ ॥ त्वयि कार्यान्तरगते नरा इव दिवौकसः ॥ विडम्बयन्तः क्रीडन्ति लीलां त्वद्बलमाश्रिताः ॥६७॥ अभ्याशे वर्तते कालो भारतस्याहवोदधेः ॥ हस्तप्राप्तानि युद्धानि राज्ञां त्रिदिवगामिनाम् ॥ ६८ ॥ पन्थानः शोधिता व्योम्नि विमानारोहणोर्ध्वगाः ॥ अवकाशा विभज्यन्ते शक्रलोके महीक्षिताम् ॥ ६९ ॥ उग्रसेनसुते शान्ते पदस्थे त्वयि केशव ॥ अभितस्तन्महद्युद्धं भविष्यति महीक्षिताम् ॥ ७० ॥ त्वां चाप्रतिमकर्माणं संश्रयिष्यन्ति पाण्डवाः ॥ भेदकाले नरेन्द्राणां पक्षग्राहो भविष्यसि ॥ ७१ ॥ त्वयि राजासनस्थे हि राजश्रियमनुत्तमाम् ॥ शुभां त्यक्ष्यन्ति राजानस्त्वप्रभावान्न संशयः ॥ ७२ ॥ एष मे कृष्ण संदेशः श्रुतिभिः ख्यातिमेष्यति ॥ देवतानां दिविस्थानां जगतश्च जगत्पते ॥ ७३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तनिक भी सन्देह नहीं है ॥ ७२ ॥ हे कृष्ण ! मैंने जो कुछ कहा है, वह भूलोक तथा देवलोक सर्वत्र विख्यात हो जायगा ॥७३॥ हे जगत्पते ! मैंने आपको और आपके कार्योंको भली भाँति देख लिया । अब मैं जाता हूँ । कंसका वध हो जानेपर फिर आऊँगा ॥ ७४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवगायक एवं देवर्षि नारद ऐसा कहकर आकाशमार्गसे चले गये । इधर भगवान कृष्णने भी नारदके कथनका समर्थन किया और अपने गोपबान्धवोंमें जा मिले और वे सभी कृष्णका साथ लेकर व्रजको चल पड़े ॥७५॥७६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चविंशोऽध्यायः ॥ २५ ॥

(व्रजमें अक्रूरका आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब भगवान भास्कर अपनी बिखरी किरणें समेटकर अस्ताचलकी ओर चल पड़े । आकाश सन्ध्याकालकी लालिमासे रंगीन हो उठा और चन्द्रमाका पीत मण्डल दिखाई देने लगा ॥ १ ॥ पक्षी अव्यक्त ध्वनि करते हुए अपने-अपने घोसलोंमें घुस गये । याज्ञिक अग्निहोत्रके होमके लिए अग्नि प्रज्वलित

दृष्टं मे भवतः कर्म दृष्टश्चासि मया प्रभो ॥ कंसे भूयः समेष्यामि साधिते साधु याम्यहम् ॥ ७४ ॥ एवमुक्त्वा तु स तदा नारदः खं जगाम ह ॥
नारदस्य वचः श्रुत्वा देवसंगीतयोनिनः ॥ ७५ ॥ तथेति स समाभाष्य पुनर्गोपान्समासदत् ॥ गोपाः कृष्णं समासाद्य विविशुर्व्रजमेव ह ॥ ७६ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि केशिवधो नाम पञ्चविंशोऽध्यायः ॥ २५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथास्तं गच्छति तदा मन्दरश्मौ दिवाकरे ॥ संध्यारक्ततले व्योम्नि शशाङ्के पाण्डुमण्डले ॥ १ ॥ नीडस्थेषु विहङ्गेषु सत्सु प्रादुष्कृताग्निषु ॥ ईषत्तमःसंवृतासु दिक्षु सर्वासु सर्वशः ॥ २ ॥ घोषवासिषु सुप्तेषु वाशन्तीषु शिवासु च ॥ नक्तंचरेषु हृष्टेषु पिशिताशनकांक्षिषु ॥ ३ ॥ शक्रगोपाह्वयामोदे प्रदोषेऽभ्यासतस्करे ॥ संध्यामयीमिव गुहां संप्रविष्टे दिवाकरे ॥ ४ ॥ अधिश्रयणवेलायां प्राप्तायां गृहमेधिनाम् ॥ वन्यैर्वैखानसैर्मन्त्रैर्हूयमाने हुताशने ॥५॥ उपावृत्तासु वै गोषु दुह्यमानासु च व्रजे ॥ असकृद्व्याहरन्तीषु बद्धवत्सासु धेनुषु ॥६॥ प्रकीर्णदामनीकेषु गास्तथैवाह्वयत्सु च ॥ सनिनादेषु गोपेषु काल्यमाने च गोधने ॥ ७ ॥ करीषेषु प्रक्लृप्तेषु दीप्यमानेषु सर्वशः ॥ काष्ठभारानतस्कन्धैर्गोपैरभ्यागतैस्तथा ॥ ८ ॥ किञ्चिदभ्युद्यते सोमे मन्दरश्मौ विराजति ॥ ईषद्विगाहमानायां रजन्यां दिवसे गते ॥ ९ ॥ प्राप्ते दिनव्युपरमे प्रवृत्ते क्षणदामुखे ॥

करने लगे । सभी दिशाओंमें कुछ-कुछ अन्धकार फैल गया ॥२॥ व्रजवासियोंके छोटे-छोटे बालक सो गये । सियारोंके झुण्ड चिल्लाने लगे । मांस-रक्तलोलुप निशाचर गत्रि देखकर निहाल हो गये ॥ ३ ॥ आतपतापी इन्द्रगोप प्रसन्न हो उठे । वेदाध्ययनका कार्य रुक गया और सूर्यभगवान सन्ध्यारूपिणी कन्दरामें जा छिपे ॥ ४ ॥ गृहस्थोंके दुग्धपाकका समय उपस्थित हो गया और नीवारोपजीवी वानप्रस्थी मंत्रोच्चारणपूर्वक अग्निमें आहुति देने लगे ॥ ५ ॥ गौवें चरके लौट आयीं और उनका दूध दुहा जाने लगा । दुह जानेपर जब बछड़े अलग बाँध दिये और गायें बार-बार हम्बाध्वनि करने लगीं ॥ ६ ॥ गोप लोग बाँधनेकी रस्सी फैला तथा गौओंको ऊँचे स्वरसे बुला-बुलाकर बाँधने लगे ॥ ७ ॥ व्रजमें जगह-जगह उपलोंके जो स्तूपाकार अलाव लगे थे, उनमें आग जला दी गयी । लकड़ियोंके बोझसे झुकी गर्दनवाले गोप जंगलसे लौट आये ॥ ८ ॥ दिन बीत गया और रात आ गयी । सूर्यकी किरणें विलीन हो गयीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और चन्द्रमाकी प्रभा कुछ-कुछ फैलने लगी ॥ ९ ॥ दिन बीत गया और रात्रिका आगमन हो गया। भगवान भास्करका तेज नष्ट हो गया और चन्द्रमाका सुहावना प्रकाश फैलने लगा ॥ १० ॥ अग्निहोत्री लोग अपने काममें लग गये और चन्द्रमा मृगशिरा नक्षत्रपर पहुँच गये। अब संसारको केवल चन्द्रमा और अग्निके प्रकाशका सहारा रह गया ॥ ११ ॥ पूर्व और पश्चिमका आकाश दवाग्निसे जलते हुए पर्वतकी तरह लाल हो गया और गगनमण्डलमें तारे कुछ-कुछ चमकने लगे ॥ १२ ॥ पथिकोंको अपने प्रियजनोंके मिलनका सन्देश देते हुए पक्षी जब अपने-अपने घोसलोंकी ओर चल पड़े। उसी समय दानाध्यक्ष अक्रूर रथ द्वारा व्रजमें जा पहुँचे ॥ १३ ॥ वहाँ पहुँचते ही वे कृष्ण, बलराम तथा गोपराज नन्द घरपर हैं या नहीं, इस बातकी स्थानीय लोगोंसे पूछताछ करने लगे ॥१४॥ उस समय उनका मुख हर्षसे प्रसन्न था और नेत्रोंसे आनन्दके आँसू बरस रहे थे। नन्दके घरमें प्रविष्ट होते ही उन्होंने देखा कि भगवान कृष्ण

भास्करे तेजसि गते सौम्ये तेजस्युपस्थिते ॥ १० ॥ अग्निहोत्राकुले काले सौम्येन्दौ समुपस्थिते ॥ अग्नीषोमात्मके संधौ वर्तमाने जगन्मये ॥११॥ पश्चिमेनाग्निदीप्तेन पूर्वेणोत्तरवर्चसा ॥ दग्धाद्रिसदृशे व्योम्नि किञ्चित्तारागणाकुले ॥ १२ ॥ वयोभिर्वासमुशतां बन्धुभिश्च समागमम् ॥ शंसद्भिः स्यन्दनेनाशु प्राप्तो दानपतिर्व्रजम् ॥ १३ ॥ प्रविशन्नेव पप्रच्छ सान्निध्यं केशवस्य सः ॥ रौहिणेयस्य चाक्रूरो नन्दगोपस्य चासकृत् ॥ १४ ॥ स नन्दगोपस्य गृहं वासाय विबुधोपमः ॥ अवतीर्य ततो यानात्प्रविवेश महाबलः ॥ १५ ॥ हर्षपूर्णेन वक्त्रेण साश्रुनेत्रेण चैव हि ॥ प्रविशन्नेव च द्वारि ददर्शादोहने गवाम् ॥ १६ ॥ वत्समध्ये स्थितं कृष्णं सवत्समिव गोवृषम् ॥ स तं हर्षपरीतेन वचसा गद्गदेन वै ॥ १७ ॥ एहि केशव तातेति प्रव्याहरत धर्मवित् ॥ उत्तानशायिनं दृष्ट्वा पुनर्दृष्ट्वा श्रिया वृतम् ॥ १८ ॥ अव्यक्तयौवनं कृष्णमक्रूरः प्रशशंस ह ॥ अयं स पुण्डरीकाक्षः सिंहशार्दूलविक्रमः ॥ १९ ॥ संपूर्णजलमेघाभः पर्वतप्रवराकृतिः ॥ मृधेष्वधर्षणीयेन सश्रीवत्सेन वक्षसा ॥ द्विषन्निधनदक्षाभ्यां भुजाभ्यां साधु भूषितः ॥ २० ॥ मूर्तिमान् सरहस्यात्मा जगतोऽव्ययस्य भाजनम् ॥ गोपवेषधरो विष्णुरुदग्राग्र्यतनूरुहः ॥ २१ ॥ किरीटलाञ्छनेनापि शिरसा छत्रवर्चसा ॥ कुण्डलोत्तमयोग्याभ्यां श्रवणाभ्यां विभूषितः ॥ २२ ॥ हारार्हेण च पीनेन सुविस्तीर्णेन वक्षसा ॥ द्वाभ्यां भुजाभ्यां वृत्ताभ्यां

गोदोहनके स्थानपर बछड़ोंके बीचमें बैलकी तरह खड़े हैं। उन्हें देखते ही आनन्दातिरेकसे गद्गदकण्ठ होकर अक्रूरने कहा—॥ १५–१७ ॥ वत्स कृष्ण ! यहाँ आओ। तदनन्तर उन वटपत्रशायी, निखिल ब्रह्माण्डकी शोभाके आधार एवं यौवनोन्मुख भगवानको बार-बार देखकर मन ही मन कहने लगे—'ये ही साक्षात् पुण्डरीकाक्ष नारायण हैं। इनका पराक्रम सिंह और शार्दूलके समान है। इनका वर्ण सजल जलधरके समान तथा आकृति बहुत ऊँचे पर्वतके समान है। इन्होंके रणविजयी वक्षःस्थलपर श्रीवत्स चिह्न विद्यमान रहता है। इनकी विशाल भुजायें शत्रुनाशमें परम निपुण हैं ॥ १८–२० ॥ उपनिषदोंमें जिस अव्यय पुरुषका निर्देश किया गया है, ये वे ही रहस्यमय अव्यय पुरुष हैं। समस्त त्रिलोकीके लोग सर्वप्रथम इन्हींकी पूजा करते हैं। इन्हींके मस्तकपर राजमुकुट, श्वेत छत्र और कानोंमें उत्तम कुण्डल झूलता रहता है ॥ २१ ॥ २२ ॥ इनका सुविस्तीर्ण तथा पीन वक्षःस्थल उत्तम हारसे सुशोभित है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गोल, सुडौल तथा विशाल इनकी दोनों भुजायें हैं ॥ २३ ॥ इनका कन्दर्पसदृश सुन्दर शरीर सहस्रों कामिनियोंके सेवन करने योग्य है। ये सनातन विष्णुस्वरूप कृष्ण पीताम्बर धारण किये हुए हैं ॥२४॥ प्रलयकालमें इनके जो चरणयुगल पृथिवीका उद्धार करते हैं, सारी त्रिलोकोकी नापनेवाले उन्हीं दोनों चरणोंके सहारे ये खड़े हैं ॥ २५ ॥ इनकी मनौहर भुजाओंको देखकर ऐसा लगता है कि वे जैसे दाहिनी भुजा चक्र तथा बायीं गदा धारण करनेकी कामना कर रही है ॥ २६ ॥ आज ये देवताओंके धुरन्धर एवं निर्गुण ब्रह्म संसारका कल्याण करनेके लिए अवतार लेकर सर्वप्रधानरूपसे मेरे समक्ष विद्यमान हैं ॥ २७ ॥ भविष्यज्ञाताओंमें निपुण सज्जन इनका इस रूपमें निर्देश कर रहे हैं कि विनाशोन्मुख यदुवंश इन गोपाल-वेशधारी ईश्वर द्वारा विस्तृत हो जायगा ॥ २८ ॥ जैसे जलका प्रवाह समुद्रको पूर्ण करता है, वैसे ही इन महाप्रभुके प्रतापसे यादवगण अपने वंशका असीम विस्तार करेंगे ॥ २९ ॥

दीर्घाभ्यामुपशोभितः ॥ २३ ॥ स्त्रीसहस्रोपचर्येण वपुषा मन्मथाथिना ॥ पीते वसानो वसने सोऽयं विष्णुः सनातनः ॥ २४ ॥ धरण्याश्रय-
भूताभ्यां चरणाभ्यामरिन्दमः ॥ त्रैलोक्याक्रान्तिभूताभ्यां भुवि पद्भ्यां व्यवस्थितः ॥ २५ ॥ रुचिराग्रकरश्चास्य चक्राङ्कित इवेक्षते ॥ द्वितीय
उद्यतश्चापि गदासंयोगमिच्छति ॥ २६ ॥ अवतीर्णो भवायेह प्रथमं पदमात्मनः ॥ शोभतेऽद्य भुवि श्रेष्ठस्त्रिदशानां धुरंधरः ॥ २७ ॥ अयं भविष्ये
दृष्टो वै भविष्यकुशलैर्नरैः ॥ गोपालो यादवं वंशं क्षीणं विस्तारयिष्यति ॥ २८ ॥ तेजसा यादवाश्चास्य शतशोऽथ सहस्रशः ॥ वंशमापूरयि-
ष्यन्ति ह्योघा इव महार्णवम् ॥ २९ ॥ अस्येदं शासनं सर्वं जगत्स्थास्यति शाश्वतम् ॥ निहतामित्रसामन्तं स्थितं कृतयुगे यथा ॥ ३० ॥ अय-
मास्थाय वसुधां स्थापयित्वा जगद्वशे ॥ राज्ञां भविष्यत्युपरि न च राजा भविष्यति ॥ ३१ ॥ नूनं त्रिभिः क्रमैर्जित्वा यथाऽनेन प्रभुः कृतः ॥
पुरा पुरंदरो राजा देवतानां त्रिविष्टपे ॥ ३२ ॥ तथैव वसुधां जित्वा जितपूर्वां त्रिभिः क्रमैः ॥ स्थापयिष्यति राजानमुग्रसेनं न संशयः ॥ ३२ ॥
प्रसृष्टवैरगाधोऽयं प्रश्नैश्च बहुभिः श्रुतः ॥ ब्राह्मणैर्ब्रह्मवादैश्च पुराणोऽयं हि गीयते ॥ ३४ ॥ स्पृहणीयो हि लोकस्य भविष्यति च केशवः ॥
तथा ह्यस्योत्थिता बुद्धिर्मानुष्यमुपजीवितुम् ॥ ३५ ॥ अहं त्वस्याद्य वसतिं पूजयिष्ये यथाविधि ॥ विष्णुत्वं मनसा चैव पूजयिष्यामि मन्त्रवित्

सत्ययुगमें जैसे समस्त जगत् शत्रुओं तथा सामन्तोंसे रहित होकर एकाधिपत्यमें आ जाता है, उसी प्रकार समस्त ब्रह्माण्ड इनके शासनमें आ जायगा ॥ ३० ॥ ये समस्त भूमण्डल अपने अधीन करके सबपर प्रभुता स्थापित कर लेंगे। किन्तु सब राजाओंके ऊपर होते हुए भी ये स्वयं राजाकी उपाधि नहीं धारण करेंगे ॥ ३१ ॥ पूर्वकालमें जिस प्रकार इन्होंने सारी त्रिलोकीको पराजित करके इन्द्रको देवराजके पदपर प्रतिष्ठित कर दिया था ॥ ३२ ॥ उसी तरह ये समस्त पृथिवीका राज्य जीतकर उग्रसेनका राजाके पदपर प्रतिष्ठित करेंगे। इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ३३ ॥ इनके द्वारा संसारसे वैरभाव नष्ट हो जायगा। सभी वेद और ब्रह्मवादी मुनि विविध तर्कों द्वारा इनको आदिपुरुष कहकर निर्देश कर चुके हैं ॥ ३४ ॥ सब लोग इनकी पूजा करते हैं, फिर भी इन्होंने स्वयं महामानवके रूपमें अवतार लेनेका निश्चय किया है ॥ ३५ ॥ कुछ भी हो, आज मंत्रोच्चारणपूर्वक नियमानुसार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मन ही मन इनके निवासस्थान तथा इनके विष्णुस्वरूपका मैं पूजन करूँगा ॥ ३६ ॥ इनका भूलोकमें अवतार और जातिका परिज्ञान जैसे मुझको अलौकिक ज्ञात होता है, उसी प्रकार अन्यान्य तत्त्वज्ञानी लोग भी इन्हें लोकोत्तर पुरुष समझेंगे ॥३७॥ आज रातको मैं इनसे सलाह करूँगा और ये यदि पसन्द करेंगे तो व्रजवासियोंको साथ लेकर कल मथुरा चलेंगे ॥३८॥ हे महाराज ! दानाध्यक्ष अक्रूर श्रीकृष्णके विषयमें ऐसी विविध कल्पनायें करते हुए नन्दकी चौपालमें जा पहुँचे ॥३९॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां षड्विंशोऽध्यायः२६

(अक्रूर द्वारा नागलोकका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! गोपवृद्धों तथा भगवान कृष्णके साथ नन्दगोपके घर पहुँचकर बलराम और श्रीकृष्णसे अक्रूर बड़े प्रेमपूर्वक कहने लगे—वत्स ! कल हम लोग मथुरा चलेंगे । वहाँ बड़ा आनन्द आयेगा । कंसके आज्ञानुसार व्रजके सभी गोप विविध प्रकारके उपहार तथा वार्षिक कर ले-लेकर सपरिवार हमारे साथ

॥ ३६ ॥ यच्च ज्ञातिपरिज्ञानं प्रादुर्भावश्च वै नृषु ॥ अमानुषं वेद्मि चैनं ये चान्ये दिव्यचक्षुषः ॥ ३७ ॥ सोऽहं कृष्णेन वै रात्रौ संमन्त्र्य विदितात्मना ॥ सहानेन गमिष्यामि सव्रजो यदि मंस्यते ॥३८॥ एवं बहुविधं कृष्णं दृष्ट्वा हेत्वर्थकारणैः ॥ विवेश नन्दगोपस्य कृष्णेन सह संमदम् ॥ ३९ ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अक्रूरागमनं नाम षड्विंशोऽध्यायः ॥ २६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स नन्दगोपस्य गृहं प्रविष्टः सहकेशवः ॥ गोपवृद्धान्समानीय प्रोवाच मितदक्षिणः ॥ १ ॥ कृष्णं चैवाब्रवीत्प्रीत्या रौहिणेयेन संगतम् ॥ श्वः पुरीं मथुरां तात गमिष्यामः सुखाय वै ॥ २ ॥ यास्यन्ति च प्रजाः सर्वे गोपालाः सपरिग्रहाः ॥ कंसाज्ञया समुचितं करमादाय वार्षिकम् ॥ ३ ॥ समृद्धस्तत्र कंसस्य भविष्यति धनुर्महः ॥ तद्द्रक्ष्यथ समृद्धं च स्वजनैश्च समेष्यथ ॥ ४ ॥ पितरं वसुदेवं च सततं दुःखभाजनम् ॥ दीनं पुत्रवधश्रान्तं युवामद्य समेष्यथः ॥ ५ ॥ सततं पीड्यमानं च कंसेनाशुभबुद्धिना ॥ दशान्ते शोषितं वृद्धं दुःखैः शिथिलतां गतम् ॥ ६ ॥ कंसस्य भयसंत्रस्तं भवद्भ्यां च विनाशकृत् ॥ दह्यमानं दिवारात्रौ सोत्कण्ठेनान्तरात्मना ॥ ७ ॥ तां च द्रक्ष्यसि गोविन्द पुत्रैर्मृदितस्तनीम् ॥ देवकीं देवसंकाशां सीदन्तीं विहतप्रभाम् ॥ ८ ॥ पुत्रशोकेन शुष्यन्तीं त्वद्दर्शनपरायणाम् ॥ वियोगशोकसंतप्तां विवत्सामिव सौरभीम् ॥ ९ ॥ उपप्लुतेक्षणां दीनां नित्यं मलिनवाससम् ॥ स्वर्भानुवदनग्रस्तां शशांकस्य प्रभामिव ॥ १० ॥ त्वद्दर्शनपरां नित्यं तवागमनकांक्षि-

चलेंगे ॥ १–३ ॥ कंसकी ओरसे वहाँ एक बहुत बड़ा धनुषयज्ञ होनेवाला है । उस सुसमृद्ध यज्ञको देखनेके साथ-साथ अपने सगे-सम्बन्धियोंसे भी मिल लोगे ॥४॥ सदा दुःख भोगनेवाले, दीन और पुत्रोंके वधसे दुखी अपने पिता वसुदेवसे भी भेंट कर लोगे ॥ ५ ॥ दुर्बुद्धि कंस निरन्तर उन्हें सता रहा है । एक ही दशामें पड़े तथा दुःखशोक सहते-सहते वे एकदम कृश हो गये हैं ॥ ६ ॥ वे सदा कंसके भयसे काँपते रहते हैं । उसपर भी तुम्हारा दर्शनतक न पानेके कारण वे दिन-रात चिन्ताकी ज्वालामें जल रहे हैं ॥७॥ देवाङ्गनाके सदृश कोमल तुम्हारी माता देवकीने आजतक किसी भी बालकको अपना स्तन नहीं पिला पाया । उसकी मुखकान्ति नष्ट हो गयी है ॥८॥ तुम्हारे बिछोहके शोकमें वह नितान्त दीन हो गयी है और सदा उसके नेत्रोंमें आँसू भरे रहते हैं । वत्सविहीन गायकी तरह वह अत्यन्त वियोगपीड़ा सह रही है ॥९॥ उसकी दुखिया आँखें सदा ऊपर टँगी रहती हैं । उसके वस्त्र मलिन रहते हैं । इन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कारणोंसे वह राहुसे ग्रस्त चन्द्रमाकी ज्योत्स्नाकी तरह म्लान रहती है ॥ १० ॥ वह तपस्विनी तुम्हें देखनेके लिए व्याकुल है और तुम्हारे आगमनकी प्रतीक्षा कर रही हैं। तुम्हारे शोकमें वह गल गयी है ॥११॥ जन्मसे लेकर आजतक कभी भी उसने तुम्हारा मुख नहीं देखा। बाल्यकालमें ही बिछुड़ जानेके कारण न उसने तुम्हारी बोली सुनी और न रूप ही देखा ॥१२॥ तुम्हें जन्म देकर भी यदि उसे ऐसी भीषण यन्त्रणा सहनी पड़ी तो पुत्रप्रसविनी माता होनेका उसे लाभ ही क्या हुआ ? इसकी अपेक्षा तो उसके कोई सन्तति ही न होती तो अच्छा था ॥ १३ ॥ पुत्र न होनेपर नारीजातिको केवल पुत्र न होनेका ही दुःख रहता है, किन्तु पुत्रने जन्म लेकर यदि अपना कर्तव्य न निबाहा तो माता पुत्रजन्मको धिक्कारती हुई सन्तापकी असह्य यन्त्रणा भोगती है ॥ १४ ॥ विशेष करके इन्द्रतुल्य पराक्रमी और अन्य लोगोंको भी अभय करनेवाला तुम्हारे जैसा गुणवान् पुत्र जिस माताके हो, उसे इस प्रकार शोचनीय दशामें नहीं रहना चाहिए ॥ १५ ॥ आज तुम्हारे रहते वृद्ध पिता-माताको दूसरेकी सेवकाई करके जीवनयापन करना पड़ रहा है। तुम्हारे लिए ही वे दुर्बुद्धि कंस द्वारा प्राप्त तिरस्कारको सहन

णीम् ॥ त्वत्प्रवृत्तेन शोकेन सीदन्तीं वै तपस्विनीम् ॥११॥ त्वत्प्रलापेष्वकुशलां त्वया बाल्ये वियोजिताम् ॥ अरूपज्ञां तव विभो वक्त्रस्यास्येन्दुवर्चसः ॥१२॥ यदि त्वां जनयित्वा सा देवकी तात तप्यते ॥ अपत्यार्थोऽत्र कस्तस्या वरं ह्येवानपत्यता ॥१३॥ अपुत्राणां हि नारीणामेकः शोको विधीयते ॥ सपुत्रा त्वफले पुत्रे धिक्प्रजातेन तप्यते ॥१४॥ त्वं तु शक्रसमः पुत्रो यस्यास्त्वत्सदृशो गुणैः ॥ परेषामप्यभयदो न सा शोचितुमर्हति॥१५॥ वृद्धौ तवाद्य पितरौ परभृत्यत्वमागतौ ॥ भर्त्सितौ त्वत्कृते नित्यं कंसेनाशुभबुद्धिना ॥१६॥ यदि ते देवकी मान्या पृथिवीवात्मधारिणी ॥ तां शोकसलिले मग्नामुत्तारयितुमर्हसि ॥ १७ ॥ तं च वृद्धं प्रियसुतं वसुदेवं सुखोचितम् ॥ पुत्रयोगेन संयोज्य कृष्ण धर्ममवाप्स्यसि ॥ १८ ॥ यथा नागः सुदुर्वृत्तो दमितो यमुनाह्रदे ॥ विमूलः स कृतः शैलो यथा वै भूधरस्त्वया ॥ १९ ॥ दर्पोत्सिक्तश्च बलवानरिष्टो विनिपातितः ॥ परप्राणहरः केशी दुष्टात्मा स हयो हतः ॥२०॥ एतेनैव प्रयत्नेन वृद्धावुद्धृत्य दुःखितौ ॥ यथा धर्ममवाप्नोषि तत्कृष्ण परिचिन्त्यताम् ॥२१॥ निर्भर्त्स्यमानो यैर्दृष्टः पिता ते कंससंसदि ॥ ते सर्वे चक्रुरश्रूणि नेत्रैर्दुःखान्विता भृशम् ॥२२॥ गर्भावकर्तनादीनि दुःखानि सुबहून्यपि ॥ माता ते देवकी कृष्ण कंसस्य सहतेऽवशा ॥२३॥ मातापितृभ्यां सर्वेण जातेन तनयेन वै ॥ ऋणं वै प्रतिकर्त्तव्यं यथायोगमुदाहृतम् ॥ २४ ॥ एवं ते कुर्वतः कृष्ण मातापित्रोरनुग्रहम् ॥ परित्य-

कर रहे हैं ॥१६॥१७॥ हे कृष्ण ! जिन्हें पुत्र विशेष प्रिय हैं और जो सब सुखोंके अधिकारी हैं, उन वृद्ध वसुदेवसे मिलकर सन्तुष्ट करोगे तो बड़ा धर्म होगा ॥ १८ ॥ जैसे यमुनाके दहमें रहनेवाले दुष्ट कालियनागका दमन करके तुमने गोवर्द्धन पर्वतको धारण किया था ॥ १९ ॥ जैसे बलके अभिमानी अरिष्टासुर और पराये प्राण हरनेवाले दुष्टात्मा केशीका वध किया ॥ २० ॥ उसी प्रकार उद्योग करके जिस तरह तुम अपने वृद्ध माता-पिताका उद्धार तथा धर्मार्जन कर सको, उसके लिए कोई उपाय सोचो ॥ २१ ॥ जिन लोगोंने तुम्हारे पिता वसुदेवको भरी सभामें कंसके द्वारा तिरस्कृत होते देखा था, उन दुखी यादवोंके नेत्रोंमें आँसू उमड़ पड़े थे ॥ २२ ॥ तुम्हारी माता देवकी भी पराधीन होकर गर्भनाश आदि विविध प्रकारकी यातनायें सह रही है ॥ २३ ॥ माता-पिताके द्वारा उत्पन्न पुत्रका यह प्रधान कर्तव्य है कि वह मातृ-पितृऋणसे मुक्त होनेका उद्योग करे ॥ २४ ॥ केवल एक बार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हारे दृष्टिपात करनेसे ही उनका दु:ख दूर हो जायगा और तुम्हें अनायास धर्मलाभ होगा ॥२५॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! सब बातें भली-भाँति समझकर श्रीकृष्ण असाधारण पराक्रमी अक्रूरसे बोले। तेजस्वी भगवान कृष्णने बिना क्रोध प्रदर्शन किये अक्रूरके परामर्शका अनुमोदन किया ॥ २६ ॥ नन्द आदि जितने भी गोप वहाँ उपस्थित थे, वे अक्रूर द्वारा कंसका सन्देश सुनते ही मथुरा चलनेको उद्यत हो गये ॥ २७ ॥ वे शीघ्र ही बैल, दूध, दही, घी, महिष आदि विविध प्रकारके उपहार तथा वार्षिक कर ले-लेकर मथुरा चलनेकी तैयारीमें लग गये ॥ २८–३० ॥ उधर श्रीकृष्ण, बलराम तथा अक्रूर ये तीनों विविध प्रकारकी बातें करते हुए रातभर जागते रहे ॥ ३१ ॥ तदनन्तर निर्मल प्रभातका समय उपस्थित होनेपर पक्षिवृन्द चारों ओर चहकने लगे और रात बीत जानेपर चन्द्रमाकी किरणें निष्प्रभ होगयीं ॥ ३२ ॥ आकाशमण्डलमें सूर्यसारथि अरुणदेवकी लाली छा गयी, तारे अस्त हो गये और चारों

जेतां तौ शोकं स्याच्च धर्मस्तवानघ ॥ २५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ कृष्णः सुविदितार्थो वै तमाहामितविक्रमम् ॥ बाढमित्येव तेजस्वी न च क्रोधवशं गतः ॥ २६ ॥ ते च गोपाः समागम्य नन्दगोपपुरोगमाः ॥ अक्रूरवचनं श्रुत्वा चेलुः कंसस्य शासनात् ॥ २७ ॥ गमनाय च ते सज्जा बभूवुर्व्रजवासिनः ॥ सज्जं चोपायनं कृत्वा गोपवृद्धाः प्रतस्थिरे ॥ २८ ॥ करं चानडुहः सर्पिर्महिषांश्चोपनायिकान् ॥ यथासारं यथायूथमुपानीय पयो घृतम् ॥ २९ ॥ तं सज्जयित्वा कंसस्य करं चोपायनानि च ॥ ते सर्वे गोपपतयो गमनायोपतस्थिरे ॥ ३० ॥ अक्रूरस्य कथाभिश्च सह कृष्णेन जाग्रतः ॥ रौहिणेयतृतीयस्य सा निशा व्यत्यवर्तत ॥३१॥ ततः प्रभाते विमले पक्षिव्याहारसंकुले ॥ नैशाकरे रश्मिजाले क्षणदाक्षयसंहृते ॥३२॥ नभस्यरुणसंस्तीर्णे पर्यस्ते ज्योतिषां गणे ॥ प्रत्यूषपवनासारैः क्लेदिते धरणीतले ॥३३॥ क्षीणाकारासु तारासु सुप्तनिष्प्रतिभासु च ॥ नैशमन्तर्दधे रूपमुद्गच्छति दिवाकरे ॥३४॥ शीतांशुः शान्तकिरणो निष्प्रभः समपद्यत ॥ एको नाशयते रूपमेको वर्द्धयते वपुः ॥ ३५॥ गोभिः समवकीर्णासु व्रजनिर्याणभूमिषु ॥ मन्थनावर्तपूर्णेषु गर्गरेषु नदत्सु च ॥ ३६ ॥ दामभिर्दम्यमानेषु वत्सेषु तरुणेषु च ॥ गोपैरापूर्यमाणासु घोषरथ्यासु सर्वशः ॥३७॥ तत्रैव गुरुकं भाण्डं शकटारोपितं बहु ॥ त्वरिताः पृष्ठतः कृत्वा जग्मुः स्यन्दनवाहनाः ॥३८॥ कृष्णोऽथ रौहिणेयश्च स चैवामितदक्षिणः ॥ त्रयो रथगता जग्मुस्त्रिलोकपतयो यथा ॥ ३९ ॥ अथाह कृष्णमक्रूरो यमुनातीरमाश्रितः ॥ स्यन्दनं चात्र रक्षस्व यत्नं च कुरु वाजिषु ॥ ४० ॥

ओर शीतल वायु बहने लगी ॥ ३३ ॥ नक्षत्रमण्डलमेंसे कुछ नक्षत्र अदृश्य होगये और कुछकी प्रभा लुप्त हो गयी। एक ओर चन्द्रमा अपनी किरणें समेटने लगे और दूसरी ओर सूर्यदेव उदित होकर धीरे-धीरे अपना कलेवर बढ़ाने लगे ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उस समय व्रजमण्डलके आस-पास गौओंका झुण्ड बिखर गया और दही मथे जानेसे घड़ोंका शब्द सुनायी पड़ने लगा ॥ ३६ ॥ तरुणवयस्क बछड़े रस्सियोंसे बाँध दिये गये और व्रजके सभी रास्तोंपर गोप दिखायी देने लगे ॥ ३७ ॥ बैलगाड़ी हाँकनेवालोंने भारी-भारी सामानोंसे लदी गाड़ियाँ मथुराकी ओर हाँक दीं ॥ ३८ ॥ कृष्ण, बलराम और अक्रूर ये तीनों भी लोकपालोंकी तरह रथपर सवार होकर चल पड़े ॥ ३९ ॥ यमुनातटपर पहुँचकर अक्रूरने श्रीकृष्णसे कहा—वत्स!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यहाँ अश्वोंको घास देकर थोड़ी देर रथकी रक्षा करो। घोड़ोंके आभूषण और रथपरभी ध्यान रखो और पूर्ण प्रयत्नके साथ देख-भाल करते हुए क्षणभर मेरे लिए प्रतीक्षा करो ॥४०॥४१॥ क्योंकि मैं इस यमुनाकी दहमें जाकर दिव्य वैष्णव मंत्रोंसे सर्पराज अनन्तदेवकी स्तुति और पूजा करूँगा ॥ ४२ ॥ उन भूतभावन, फणधारी, सहस्रशीर्षा, नीलाम्बरधारी, मङ्गलधाम और अतिगुह्य अनन्त शेषभगवान अखिल विश्वके प्रभु हैं ॥ ४३ ॥ उन धर्मदेवके मुखसे आज जो विष निकलेगा, अमृततुल्य वह विष मैं देवताके समान भक्षण करूँगा ॥ ४४ ॥ उन शोभाके भण्डार द्विजिह्व शेषदेवकी अध्यक्षतामें सर्पगणोंके कल्याणार्थ एक सभा होगी ॥ ४५ ॥ अतएव मैं जबतक उस यमुनादहसे न लौटूँ, तबतक तुम दोनों यहीं रहकर मेरी प्रतीक्षा करो ॥४६॥ अक्रूरके वचन सुनकर परम प्रसन्न होते हुए भगवान कृष्णने कहा—हे धार्मिकप्रवर! आप जाइए। किन्तु अधिक विलम्ब न करिएगा। आपके अभावमें हम यहाँ ज्यादा

हयेभ्यो यवसं दत्त्वा हयभाण्डे रथे तथा ॥ प्रगाढं यत्नमास्थाय क्षणं तात प्रतीक्ष्यताम् ॥ ४१ ॥ यमुनाया ह्रदे ह्यस्मिन्स्तोष्यामि भुजगेश्वरम् ॥ दिव्यैर्भागवतैर्मन्त्रैः सर्वलोकप्रभुं यतः ॥ ४२ ॥ गुह्यं भागवतं देवं सर्वलोकस्य भावनम् ॥ श्रीमत्स्वस्तिकमूर्द्धानं प्रणमिष्यामि भोगिनम् ॥ सहस्रशिरसं देवमनन्तं नीलवाससम् ॥ ४३ ॥ धर्मदेवस्य तस्याद्य यद्विषं प्रभविष्यति ॥ सर्वं तदमृतप्रख्यमशिष्याम्यमरो यथा ॥ ४४ ॥ स्वस्तिकायतनं दृष्ट्वा द्विजिह्वं श्रीविभूषितम् ॥ समाजस्तत्र सर्पाणां शान्त्यर्थं वै भविष्यति ॥ ४५ ॥ आस्तां मां समुदीक्षन्तौ भवन्तौ संगतावुभौ ॥ निष्क्रुष्टो भुजगेन्द्रस्य यावदस्मि ह्रदोत्तमात् ॥ ४६ ॥ तमाह कृष्णः संहृष्टो गच्छ धर्मिष्ठ मा चिरम् ॥ आवां खलु न शक्तौ स्वस्त्वया हीनावुपासितुम् ॥ ४७ ॥ स ह्रदे यमुनायास्तु ममज्जामितदक्षिणः ॥ रसातले स ददृशे नागलोकमिमं यथा ॥ ४८ ॥ तस्य मध्ये सहस्रास्यं हेमतालोच्छ्रितध्वजम् ॥ लाङ्गलासक्तहस्ताग्रं मुसलोपाश्रितोदरम् ॥ ४९ ॥ असिताम्बरसंवीतं पाण्डुरं पाण्डुराननम् ॥ कुण्डलैकधरं मत्तं सुप्तमम्बुरुहेक्षणम् ॥ ५० ॥ भोगोत्करासने शुभ्रे स्वेन देहेन कल्पिते ॥ स्वासीनं स्वस्तिकाभ्यां च वराहाभ्यां महीधरम् ॥ ५१ ॥ किंचित्सव्यापवृत्तेन मौलिना हेमचूलिना ॥ जातरूपमयैः पद्मैर्मालयाऽऽच्छन्नवक्षसम् ॥५२ ॥ रक्तचन्दनदिग्धाङ्गं दीर्घबाहुमरिन्दमम् ॥ पद्मनाभसिताभ्राभं भाभिर्ज्वलिततेजसम् ॥ ५३ ॥ ददर्श भोगिनां नाथं स्थितमेकार्णवेश्वरम् ॥ पूज्यमानं द्विजिह्वेन्द्रैर्वासुकिप्रमुखैः प्रभुम् ॥५४॥ कम्बलाश्वतरौ नागौ तौ चामरकरावुभौ ॥

देरतक न रुक सकेंगे ॥ ४७ ॥ तदनन्तर वहाँसे चलकर अमित दक्षिणा देनेवाले अक्रूर उस दहपर पहुँचे और उसमें गोता लगाया। डुबकी लगाते ही उन्होंने देखा कि मर्त्यलोकके समान ही नागलोकमें जा पहुँचे हैं ॥४८॥ उस लोकके मध्यभागमें सहस्रशीर्ष, स्वर्णमय तालवृक्षकी तरह उन्नत ध्वजासे सुशोभित, हलधारी, मुसलास्त्रसे अलंकृत, नीलाम्बर तथा केवल एक कुण्डल धारण किये, पाण्डुरवर्ण, मत्त, अविकसित कमल सदृश नयनोंवाले, स्वस्तिक चिह्नयुक्त और समस्त पृथिवीका भार धारण किये हुए अनन्तदेव अपना शरीर कुण्डलित करके शुभ्र आसनपर विराजमान थे ॥ ४९–५१ ॥ उनके मस्तकका मुकुट कुछ बाईं ओरको झुका हुआ था। स्वर्णपद्ममयी माला उनके वक्षःस्थलपर विराज रही थी ॥ ५२ ॥ उनके शरीरभरमें लाल चन्दनका लेप किया हुआ था। उनकी भुजायें विशाल थीं। उनकी नाभि कमलके समान थी। उनके शरीरकी कान्ति जलशून्य मेघके समान अतिशय शुभ्र वर्णकी थी ॥ ५३ ॥ वासुकी आदि बड़े-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बड़े सर्प निरन्तर उन एकार्णवेश्वर अनन्त भगवानकी पूजा कर रहे थे ॥ ५४ ॥ कम्बल और अश्वतर नामके दो नाग चमर लिये हुए हिला रहे थे ॥५५॥ वासुकी और कर्कोटक आदि सचिव नागगण उन्हें चारों ओरसे घेरकर बैठे हुए थे ॥ ५६ ॥ तदनन्तर समुद्रके जलसे परिपूर्ण एवं कमलपुष्पसे सुशोभित कञ्चनघटसे अनन्त भगवानको स्नान कराया गया ॥ ५७ ॥ बादमें उन्होंने देखा कि पीताम्बरधारी, मेघके समान श्याम शरीर, श्रीवत्ससे अलंकृत श्रीकृष्ण एवं चन्द्रमाके तुल्य द्युतिमान् बलरामके समान ही सुन्दर एक दूसरा पुरुष उनके समीप पृथिवीपर बैठा हुआ है ॥५८॥५९॥ उसे देखते ही अक्रूरने श्रीकृष्णसे कुछ कहना चाहा, किन्तु कृष्णभगवानने अपने प्रभावसे तत्काल उनकी वाक्शक्ति स्तम्भित कर दी ॥६०॥ तब अक्रूर नारायणको ही नागराज अनन्त समझ तथा विस्मित मन होकर जलसे बाहर निकल आये ॥ ६१ ॥ यमुनादहसे बाहर निकलकर उन्होंने रथकी ओर निगाह दौड़ायी तो देखा कि

अवीजयेतां तं देवं धर्मासनगतं प्रभुम् ॥ ५५ ॥ तस्याभ्याशगतो भाति वासुकिः पन्नगेश्वरः ॥ वृतोऽन्यैः सचिवैः सर्वैः कर्कोटकपुरःसरैः ॥ ५६ ॥
तं घटैः काञ्चनैर्दिव्यैः पङ्कजच्छन्नमस्तकैः ॥ राजानं स्नापयामासुः स्नातमेकार्णवाम्बुभिः ॥ ५७ ॥ तस्योत्सङ्गे घनश्यामं श्रीवत्साच्छादितोरसम् ॥
पीताम्बरधरं विष्णुं सूपविष्टं ददर्श ह ॥ ५८ ॥ अपरं चैव सोमेन तुल्यसंहननं प्रभुम् ॥ संकर्षणमिवासीनं तं दिव्यं विष्टरं विना ॥ ५९ ॥ स कृष्णं
तत्र सहसा व्याहर्तुमुपचक्रमे ॥ तस्य संस्तम्भयामास वाक्यं कृष्णः स्वतेजसा ॥ ६० ॥ सोऽनुभूय भुजंगानां तं भागवतमव्ययम् ॥ उदतिष्ठत्पुन-
स्तोयाद्विस्मितोऽमितदक्षिणः ॥ ६१ ॥ स तौ रथस्थावासीनौ तत्रैव बलकेशवौ ॥ निरीक्ष्यमाणावन्योन्यं ददर्शाद्भुतरूपिणौ ॥ ६२ ॥ अथामज्ज-
त्पुनस्तत्र तदाऽक्रूरः कुतूहलात् ॥ इज्यते यत्र देवोऽसौ नीलवासाः सिताननः ॥६३॥ तथैवासीनमुत्सङ्गे सहस्रास्यधरस्य वै ॥ ददर्श कृष्णमक्रूरः
पूज्यमानं तदा प्रभुम् ॥ ६४ ॥ भूयश्च सहसोत्थाय तं मन्त्रं मनसा जपन् ॥ रथं तेनैव मार्गेण जगामामितदक्षिणः ॥ ६५ ॥ तमाह केशवो हृष्टः
स्थितमक्रूरमागतम् ॥ कीदृशं नागलोकस्य वृत्तं भागवते ह्रदे ॥६६॥ चिरं च भवता कालो व्याक्षेपेण विलम्बितः ॥ मन्ये दृष्टं त्वयाऽऽश्चर्यं हृदयं
ते यथाऽचलम् ॥ ६७ ॥ प्रत्युवाच स तं कृष्णमाश्चर्यं भवता विना ॥ किं भविष्यति लोकेषु स्थावरेषु चरेषु च ॥ ६८ ॥ तत्राश्चर्यं मया दृष्टं

अद्भुत रूपधारी बलराम और कृष्ण रथपर बैठे हुए हैं और परस्पर एक दूसरेको निहार रहे हैं ॥ ६२ ॥ इसके बाद आश्चर्यचकित अक्रूरने पुनः उसी दहके जलमें डुबकी लगायी । बादमें नीलाम्बरधारी सहस्रशीर्ष अनन्तदेव जहाँ बैठे थे, वहाँ पहुँचकर देखा कि वहाँ भी भगवान कृष्ण विराजमान हैं ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ क्षणभर बाद वे सहसा फिर जलसे बाहर निकल आये और वैष्णव मंत्रका जप करते-करते उसी राह रथके समीप चले गये ॥६५॥ उन्हें देखकर श्रीकृष्ण बहुत प्रसन्न हुए और कहने लगे—भगवन् ! यमुनाके दहमें नागलोकका कैसा कार्यकलाप आपने देखा ? ॥ ६६ ॥ नागलोकका अवलोकन करनेमें आपने बड़ी देर लगा दी । आपके हृदयकी चञ्चलता देखकर ऐसा ज्ञात होता है कि आपने वहाँ कोई आश्चर्यजनक घटना घटित होती देखी है ॥ ६७ ॥ अक्रूर बोले—वत्स ! इस चराचरमय संसारमें तुम्हारे सिवाय आश्चर्यकी और कोई बात ही नहीं है ॥ ६८ ॥ वहाँ मैंने संसारदुर्लभ जो आश्चर्यमयी घटना देखी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थी, यहाँ भी वही विस्मयजनक बात देखकर मैं निहाल हो गया हूँ ॥६९॥ मैं उस मूर्तिमान् आश्चर्यजनक वस्तुको देखकर सर्वथा तन्मय हो गया था। अब इससे बढ़कर आश्चर्यकी और कोई भी बात मैं नहीं देखना चाहता ॥७०॥ अच्छा, अब चलो। सूर्यभगवान अस्त न हों और कुछ दिन शेष रहे, उसके पहले ही हमें कंसराजकी मथुरापुरीमें पहुँच जाना चाहिए ॥७१॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तविंशोऽध्यायः ॥ २७ ॥

(भगवान कृष्ण द्वारा कंसके धनुषका टूटना) वैशम्पायन बोले—महाराज! तदनन्तर दानपति अक्रूरने रथ जोता और कृष्ण तथा बलरामके साथ रथपर सवार होकर चल पड़े ॥ १ ॥ तत्पश्चात् सन्ध्याके समय जब सूर्यभगवान लाल हो गये, तब कंस द्वारा परिपालित मथुरापुरीमें जा पहुँचे ॥ २ ॥ सूर्यके समान तेजस्वी कृष्ण-बलरामको साथ लेकर अक्रूर

कृष्ण यद्भुवि दुर्लभम् ॥ तदिहापि तथा तत्र पश्यामि च रमामि च ॥ ६९ ॥ संगतश्चापि लोकानामाश्चर्येणेह रूपिणा ॥ अतः परतरं कृष्ण नाश्चर्यं द्रष्टुमुत्सहे ॥ ७० ॥ तदागच्छ गमिष्यामः कंसराजपुरीं प्रभो ॥ यावन्नास्तं व्रजत्येषस्तमोहर्ता दिवाकरः ॥ ७१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अक्रूरकृतनागलोककथनं नाम सप्तविंशोऽध्यायः ॥ २७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ते तु युङ्क्त्वा रथवरं सर्व एवामितौजसः ॥ कृष्णेन सहिताः प्रायंस्तथा संकर्षणेन च ॥ १ ॥ आसेदुस्ते पुरीं रम्यां मथुरां कंसपालिताम् ॥ विविशुस्ते पुरीं रम्यां काले रक्तदिवाकरे ॥ २ ॥ तौ तु स्वभवनं वीरौ कृष्णसंकर्षणावुभौ ॥ प्रवेशितौ बुद्धिमता ह्यक्रूरेणार्कवर्चसौ ॥ ३ ॥ तावाह वरवर्णाभौ भीतो दानपतिस्तदा ॥ त्यक्तव्या तात गमने वसुदेवगृहे स्पृहा ॥ ४ ॥ युवयोर्हि कृते वृद्धः कंसेन स निरस्यते ॥ भर्त्स्यते च दिवा रात्रौ नेह स्थातव्यमित्यपि ॥ ५ ॥ तद्युवाभ्यां हि कर्त्तव्यं पित्रर्थं सुखमुत्तमम् ॥ यथा सुखमवाप्नोति तद्वै कार्यं हितान्वितम् ॥ ६ ॥ तमुवाच ततः कृष्णो यास्यावावामतर्कितौ ॥ प्रेक्षन्तौ मथुरां वीर राजमार्गं च धार्मिकम् ॥ तस्यैव तु गृहं साधो गच्छावो यदि मन्यसे ॥ ७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अनुशिष्टौ च तौ वीरौ प्रस्थितौ प्रेक्षकावुभौ ॥ आलानाभ्यामिवोन्मुक्तौ कुञ्जरौ युद्धकांक्षिणौ ॥ ८ ॥ तौ तु मार्गगतं दृष्ट्वा रजकं रङ्गकारकम् ॥ अयाचेतां ततस्तौ तु वासांसि रुचिराणि वै ॥ ९ ॥ रजकः स तु तौ प्राह युवां कस्य वनेचरौ ॥

अपने भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ३ ॥ वहाँ उन दोनोंसे सम्भाषण करते हुए भयभीतचित्त अक्रूरने कहा—वत्स! अभी अपने पिता वसुदेवके घर जानेकी इच्छाको त्याग दो। तुम्हारे लिए वृद्ध वसुदेव दिन-रात कंसकी भर्त्सना सह रहे हैं। वहाँ तुम्हारा रुकना उचित नहीं है ॥ ४ ॥ ५ ॥ अतएव तुम्हें ऐसा कुछ करना चाहिए कि जिससे उन्हें सुख मिले ॥ ६ ॥ तब कृष्णने कहा—तात! यदि आप अनुमति दें तो हम दोनों मथुरापुरीका राजमार्ग देखते हुए सहज भावसे सहसा महात्मा कंसके ही घर चले जायँ ॥७॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! बन्धनस्तम्भसे उन्मुक्त युद्धाभिलाषी गजराजके समान वीर कृष्ण और बलराम अक्रूरकी अनुमति पाते ही नगरदर्शनकी कामनासे निकल पड़े ॥८॥ कुछ दूर आगे जानेपर उन्हें एक रंगरेज

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मिला। उससे उन्होंने अच्छे-अच्छे वस्त्र माँगे ॥९॥ उन दोनोंकी प्रार्थना सुनकर रजकने कहा—"तुम अवश्य कोई जंगली मनुष्य हो। तभी तो मूर्खतावश निर्भयभावसे राजा कंसके वस्त्र माँग रहे हो ॥ १० ॥ मैं विविध देशोंके बने सैकड़ों-हजारों वस्त्र राजा जनककी इच्छाके अनुरूप नाना प्रकारके रंगोंमें रंगता हूँ ॥ ११ ॥ तुम वनमें उत्पन्न होकर मृगगणोंके साथ पले हो। इसीलिए तो इन रंगे हुए वस्त्रोंको देखकर लुभा गये हो ॥ १२ ॥ तुम मूर्ख और साधारण बुद्धिके मनुष्य हो। इसीसे यहाँ आ और राजवस्त्र माँगकर तुमने अपना जीवन संकुचित कर लिया है ॥ १३ ॥ मृत्यु समीप आ जानेके कारण अल्पबुद्धि रजकने जब भगवान कृष्णके प्रति ऐसे विषभरे वाक्योंका प्रयोग किया तो वे कुपित हो गये और बड़े क्रोधके साथ उन्होंने उसे एक वज्रप्रहार सरीखा थप्पड़ मारा। उस आघातसे रजकका माथा फट गया और वह मरकर पृथिवीपर गिर पड़ा ॥ १४ ॥ १५ ॥ इस प्रकार रजकके मर जानेपर उसकी

राजवासांसि यौ मौढ्याद्याचेथां निर्भयावुभौ ॥ १० ॥ अहं कंसस्य वासांसि नानादेशोद्भवानि वै ॥ कामरागाणि शतशो रञ्जयामि विशेषतः ॥ ११ ॥ युवां कस्य वने जातौ मृगैः सह विवर्द्धितौ ॥ जातरागाविदं दृष्ट्वा रक्तमाच्छादनं बहु ॥१२॥ अहो वां जीवितं त्यक्तं यौ भवन्ताविहागतौ ॥ मूर्खौ प्राकृतविज्ञानौ वासो याचितुमिच्छतः ॥ १३ ॥ तस्मै चुकोप वै कृष्णो रजकायाल्पमेधसे ॥ प्राप्तारिष्टाय मूर्खाय सृजते वाङ्मयं विषम् ॥ १४ ॥ तलेनाशनिकल्पेन स तं मूर्द्धन्यताडयत् ॥ स गतासुः पपातोर्व्यां रजको व्यस्तमस्तकः ॥ १५ ॥ तं हतं परिदेवन्त्यो भार्यास्तस्य विचुक्रुशुः ॥ त्वरितं मुक्तकेश्यश्च जग्मुः कंसनिवेशनम् ॥ १६ ॥ तावप्युभौ सुवसनौ जग्मतुर्माल्यकारणात् ॥ वीथीं माल्यापणानां वै गन्धाघ्रातौ द्विपाविव ॥ १७ ॥ गुणको नाम तत्रासीन्माल्यवृत्तिः प्रियंवदः ॥ प्रभूतमाल्यापणवाँल्लक्ष्मीवान्प्रियदर्शनः ॥ १८ ॥ तं कृष्णः श्लक्ष्णया वाचा माल्यार्थमभिसृष्टया ॥ देहीत्युवाच तत्काले मालाकारमकातरम् ॥ १९ ॥ ताभ्यां प्रीतो ददौ माल्यं प्रभूतं माल्यजीवनः ॥ भवतोः स्वमिदं चेति प्रोवाच प्रियदर्शनौ ॥ २० ॥ प्रीतः सुमनसा कृष्णो गुणकाय वरं ददौ ॥ श्रीस्त्वां मत्संभवा सौम्य धनौघैरभिपत्स्यते ॥ २१ ॥ स लब्ध्वा वरमव्यग्रो माल्यवत्तिरधोमुखः ॥ कृष्णस्य पतितो मूर्ध्ना प्रतिजग्राह तं वरम् ॥ २२ ॥ यक्षाविमाविति तदा स मेने माल्यजीवकः ॥ स भृशं भयसंविग्नो

पत्नियाँ केश छितराये रोदन करती हुई तत्काल राजा कंसके भवनमें जा पहुँचीं ॥ १६ ॥ उधर भगवान कृष्ण और बलराम सुन्दर-सुन्दर वस्त्र पहनकर गन्धलोभी गजराजके समान झूमते हुए चले और मालाके लिए मालियोंकी गलीमें जा पहुँचे ॥१७॥ उस बाजारमें गुणक नामका एक बड़ा ही सुन्दर, भाग्यवान् तथा मृदुभाषी माली रहता था ॥ १८ ॥ कृष्णभगवानने बड़ी मिठासभरी वाणीमें उससे माला माँगी। मालीने बड़े प्रसन्न मनसे कहा—"ये सब मालायें आपके लिए हो हैं। जो इच्छा हो सो ले लीजिए।" ऐसा कहकर उसने उन्हें बहुतेरी मालायें दे दीं ॥१९॥२०॥ तब प्रसन्न होकर भगवान कृष्णने उसे वरदान देते हुए कहा—हे सौम्य! तुम्हारी लक्ष्मी अचल होकर सदा तुम्हारे पास रहेगी और धनका भंडार सदा भरा रहेगा ॥२१॥ मालीने नतमस्तक होकर भगवान कृष्णका वरदान ग्रहण करके उनके पैरों पड़कर प्रणाम किया ॥ २२ ॥ उस माल्यजीवीने उन दोनोंका यक्ष समझा था। अतएव भयचकित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होकर उसने कुछ उत्तर नहीं दिया ॥ २३ ॥ दोनों भाई उसी राजमार्गसे फिर आगे बढ़े तो एक कुबड़ीको देखा । वह घिसे चन्दनका पात्र हाथमें लिये हुए थी ॥ २४ ॥ उससे भगवान कृष्णने कहा—हे कमलनयनी ! यह चन्दनका लेप किसके लिए ले जा रही हो, मुझे बताओ ॥ २५ ॥ विद्युत्के सदृश कुटिल चाल चलनेवाली कुब्जाने मुसकाकर श्रीकृष्णसे कहा—॥ २६ ॥ हे सुन्दर ! यह अनुलेपन लेकर मैं महाराज कंसके स्नानागारको जा रही हूँ । आपको देखकर मेरा मन मुग्ध हो गया है । मैं यहाँ खड़ी हूँ । आप आकर जितना चाहें, उतना चन्दन ले लीजिए ॥ २७ ॥ मैं नित्य महाराज कंसका चन्दन देनेके कार्यपर नियुक्त हूँ । महाराज़ मुझे बहुत मानते हैं । आपने मुझे नहीं पहचाना ? आप कहाँसे आ रहे हैं ? ॥ २८ ॥ उस हँसमुख कुब्जासे श्रीकृष्णने कहा—भद्रे ! तुम हम दोनों भाइयोंको लगाने भर चन्दन दे दो । हम यहाँ नये-नये आये हुए पहलवान हैं । राजा कंसका समृद्धिशाली राज्य तथा

नोत्तरं प्रत्यपद्यत ॥ २३ ॥ वसुदेवसुतौ तौ च राजमार्गगतावुभौ ॥ कुब्जां ददृशतुर्भूयः सानुलेपनभाजनाम् ॥ २४ ॥ तमाह कृष्णः कुब्जेति कस्येदमनुलेपनम् ॥ नयस्यम्बुजपत्राक्षि क्षिप्रमाख्यातुमर्हसि ॥ २५ ॥ सस्मिता संमुखीभूत्वा प्रत्युवाचाम्बुजेक्षणम् ॥ कृष्णं जलदगम्भीरं विद्युत्कुटिलगामिनी ॥ २६ ॥ राज्ञः स्नानगृहं यामि तद्गृहाणानुलेपनम् ॥ स्थिताऽस्म्यागच्छ भद्रं ते हृदयस्यासि मे प्रियः ॥ २७ ॥ कुतश्चागम्यते सौम्य यन्मां त्वं नावबुध्यसे ॥ महाराजस्य दयितां नियुक्तामनुलेपने ॥ २८ ॥ तमुवाच हसन्तीं तु कृष्णः कुब्जामवस्थिताम् ॥ आवयोर्गात्रसदृशं दीयतामनुलेपनम् ॥ २९ ॥ वयं हि देशातिथयो मल्लाः प्राप्ता वरानने ॥ द्रष्टुं धनुर्महं दिव्यं राष्ट्रे चैव महर्धिमत् ॥ ३० ॥ प्रत्युवाचाथ सा कृष्णं प्रियोऽसि मम दर्शने ॥ राजार्हमिदमव्यग्रं तद्गृहाणानुलेपनम् ॥ ३१ ॥ तावुभावनुलिप्ताङ्गौ चारुगात्रौ विरेजतुः ॥ तीर्थगौ पङ्कदिग्धाङ्गौ यमुनायां यथा वृषौ ॥ ३२ ॥ तां च कुब्जां स्थगोर्मध्ये द्व्यङ्गुलेनाग्रपाणिना ॥ शनैः संपीडयामास कृष्णो लीलाविधानवित् ॥ ३३ ॥ सा च मग्नं स्थगुं मत्वा स्वायताङ्गी शुचिस्मिता ॥ जहासोच्चैः स्तनतटी ऋजुयष्टिर्लता यथा ॥ ३४ ॥ प्रणयाच्चापि कृष्णं सा बभाषे मत्तकाशिनी ॥ क्व यास्यसि मया रुद्धः कान्त तिष्ठ गृहाण माम् ॥ ३५ ॥ तौ जातहासावन्योन्यं सतलाक्षेपमव्ययौ ॥ वीक्षमाणौ प्रहसितौ कुब्जायाः श्रुतिविस्तरौ

धनुषयज्ञ देखनेके लिए हमलोग यहाँ आये हैं ॥ २९ ॥ ३० ॥ कृष्णके वचन सुनकर कुब्जाने कहा—भद्र ! आपको देखकर मेरा शरीर पुलकित हो उठा है । अतएव मैं आपको यह राजोचित चन्दन प्रदान कर रही हूँ । स्वच्छन्दरूपसे इसे ले लीजिए ॥ ३१ ॥ कृष्ण और बलराम दोनों भाई वह अनुलेपन लगाकर यमुनाके कीचड़में सने दो साँड़ोंकी तरह सुशोभित हुए ॥ ३२ ॥ तदनन्तर कौतुकी श्रीकृष्णने अपनी दो उँगलियोंके अग्रभागसे कुब्जाकी पीठपर स्थित कूबड़को दबा दिया । इससे उस सुन्दरीका टेढ़ापन लुप्त हो गया । अब वह सीधे फैली हुई लताके समान सीधी होकर बड़े ऊँचे स्वरसे हँसती हुई किसी कामोन्मत्त कामिनीकी तरह प्रेमभावसे श्रीकृष्णका रास्ता रोककर कहने लगी—प्रियतम ! अब आप कहाँ जा रहे हैं ? रुकिए और मुझे अपना लीजिए ॥ ३३–३५ ॥ उसकी बात सुनकर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों बहुत आनन्दित हुए और तालियाँ बजाकर उसकी ओर निहारने तथा उसकी गुणावलीका वर्णन

४८

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करते हुए हँसने लगे ॥ ३६ ॥ इसके बाद मुसकाते हुए कृष्ण भगवानने उस कामार्ता कुब्जाको विदा किया। इस प्रकार उससे छुटकारा पाकर दोनों भाई राज्यभवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ३७ ॥ तदनन्तर वज्रसदृश कठोर और गोपवेषधारी वे दोनों बालक अपना मानसिक भाव छिपाये हुए महाराज कंसके घर पहुँचे ॥३८॥ वहाँ हिमवान् पर्वतके जंगलमें उत्पन्न बलवान् सिंहके सदृश दोनों भाई धनुष देखनेकी इच्छावश अतर्कित भावसे धनुषशालामें चले गये ॥ ३९ ॥ वहाँ जाकर उन्होंने शस्त्रागारके रक्षकसे पूछा—॥ ४० ॥ हे महाराज कंसके धनुष-रक्षक ! वह धनुष कौन-सा है, जिसके लिए यह महान् धनुषयज्ञ ठाना गया है ॥ ४१ ॥ यदि तुम्हें कोई आपत्ति न हो तो वह विख्यात धनुष हमको दिखला दो। इसपर उसने दोनों भाइयोंको वह खम्भे जैसा मोटा धनुष दिखा दिया ॥४२॥ इन्द्रादि देवता भी उस धनुषको झुका या उसपर रोदा नहीं चढ़ा सकते थे। किन्तु प्रसन्नतापूर्वक कमललोचन श्रीकृष्णने देखते

॥ ३६ ॥ कृष्णस्तु कुब्जां कामार्तां सस्मितं विससर्ज ह ॥ ततस्तौ कुब्जया मुक्तौ प्रविष्टौ राजसंसदम् ॥ ३७ ॥ तावुभौ व्रजसंवृद्धौ गोपवेषवि-
भूषितौ ॥ गूढचेष्टाननौ भूत्वा प्रविष्टौ नृपवेश्म तत् ॥ ३८ ॥ धनुःशालां गतौ तत्र बालावपरितर्कितौ ॥ हिमवद्वनसंभूतौ सिंहाविव मदोत्कटौ
॥ ३९ ॥ दिदृक्षन्तौ महत्तत्र धनुरायोगभूषितम् ॥ पप्रच्छतुश्च तौ वीरावायुधागारिकं तदा ॥ ४० ॥ भोः कंसधनुषां पाल श्रूयतामावयोर्वचः ॥
कतरत्तद्धनुः सौम्य महोऽयं यस्य वर्तते ॥ ४१ ॥ आयोगभूतं कंसस्य दर्शयस्व यदीच्छसि ॥ स तयोर्दर्शयामास तद्धनुः स्तम्भसन्निभम् ॥ ४२ ॥
अनारोप्यमसंभेद्यं देवैरपि सवासवैः ॥ तद्गृहीत्वा तदा कृष्णस्तोलयामास वीर्यवान् ॥ ४३ ॥ दोर्भ्यां कमलपत्राक्षः प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ तोल-
यित्वा यथाकामं तद्धनुर्दैत्यपूजितम् ॥ ४४ ॥ आरोपयामास तदा नामयामास चासकृत् ॥ आनाम्यमानं कृष्णेन प्रकर्षादुरगोपमम् ॥ ४५ ॥
द्विधाभूतमभून्मध्ये धनुरायोगभूषितम् ॥ भङ्क्त्वा तु तद्धनुःश्रेष्ठं कृष्णस्त्वरितविक्रमः ॥ निश्चक्राम महावेगः स च संकर्षणो युवा ॥ ४६ ॥
धनुषो भङ्गनादेन वायुनिर्घोषकारिणा ॥ चचालान्तःपुरं सर्वं दिशश्चैव पुपूरिरे ॥ ४७ ॥ निर्गत्य त्वायुधागाराज्जग्मतुर्गोपसन्निधौ ॥ वेगेना-
युधपालस्तु गच्छन्संभ्रान्तमानसः ॥ ४८ ॥ समीपं नृपतेर्गत्वा काकोच्छ्वासोऽभ्यभाषत ॥ श्रूयतां मम विज्ञाप्यमाश्चर्यं धनुषो गृहे ॥ ४९ ॥ निर्वृ-
त्तमस्मिन्काले यज्जगतः संभ्रमोपमम् ॥ नरौ कस्याप्यसदृशौ शिखाविततमूर्द्धजौ ॥५०॥ नीलपीताम्बरधरौ पीतश्वेतानुलेपनौ ॥ तावन्तःपुरमज्ञातौ

ही उस सर्पसदृश धनुषको उठा लिया और रोदा चढ़ाकर बारबार खींचने लगे ॥ ४३—४५ ॥ बलपूर्वक खींचते ही वह धनुष टूटकर दो खंडोंमें विभक्त हो गया। भगवान कृष्ण इस प्रकार धनुर्भङ्ग करके भाई बलरामके साथ तुरन्त उस भवनस बाहर निकल आये ॥ ४६ ॥ उस धनुषके टूटनेपर वायुके शब्दकी तरह उठे हुए घनघोर निनादसे कंसका सारा अन्तःपुर काँप उठा और दसों दिशायें गूँज उठीं ॥ ४७ ॥ वहाँसे लौटकर कृष्ण और बलराम नन्द आदि गोपोंके पास चले गये। इधर शस्त्रशालाका रक्षक भयसे काँपता हुआ शीघ्र कंसके पास जा पहुँचा और कहने लगा—महाराज ! अभी कुछ देर हुई है। धनुषशालामें एक आश्चर्यजनक घटना घट गयी। उसे बताता हूँ, सुनिए—॥ ४८ ॥ ४९ ॥ नील-पीतवसनधारी, श्वेत और पीत चन्दन लगाये, सिरपर लम्बी शिखा धारण किये, अग्निसदृश तेजस्वी और देवकुमारोंकी तरह सुन्दर दो बालक न जाने किसके कहनेपर अज्ञातभावसे आपके अन्तःपुरमें घुस आये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ५० ॥ ५१ ॥ उस समय ऐसा लगा कि जैसे वे सीधे स्वर्गसे उतरकर धनुषशालामें आ पहुँचे हों। मैंने उन्हें भली-भाँति देखा था। वे दोनों दिव्य वस्त्र धारण किये हुए थे और उनके गलेमें दिव्य माला विराजमान थी ॥ ५२। उन दोनोंमेंसे जिसके नेत्र कमलदलके समान थे। जिसका श्यामवर्ण था और जो पीताम्बर पहने हुए था। उसने देवदुर्ग्राह्य तथा लौहदण्डके समान कठोर उस भीषण धनुषको उठा लिया और खेल-खेलमें झुकाकर उसपर प्रत्यञ्चा चढ़ा दी ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ उसके बाद उसपर बाण चढ़ाकर उसने खींचा और खींचते ही घनघोर शब्द करता हुआ वह धनुष टूटकर दो टुकड़ा हो गया ॥ ५५ ॥ उस समय पृथिवी काँप उठी, भगवान भास्करका प्रकाश मन्द पड़ गया और ऐसा लगा कि मानो धनुष टूटनेके उस विकराल शब्दसे आकाश चक्कर लगाने लगा हो ॥ ५६ ॥ यह अद्भुत घटना घटित होते देखकर मैं बड़े ही आश्चर्यमें पड़ गया। हे शत्रुनाशन! यही वृत्तान्त सुनानेके लिए मैं

प्रविष्टौ कामवेषिणौ ॥ देवपुत्रोपमौ वीरौ बालाविव हुताशनौ ॥ ५१ ॥ स्थितौ धनुर्गृहे सौम्यौ सहसा खादिवागतौ ॥ मया दृष्टौ परिव्यक्तं रुचिरच्छादनस्रजौ ॥ ५२ ॥ तयोरेकस्तु पद्माक्षः श्यामः पीताम्बरस्रजः ॥ जग्राह तद्धनूरत्नं दुर्ग्राह्यं दैवतैरपि ॥ ५३ ॥ तच्च बालो महच्चापं बलाद्यन्त्रमिवायसम् ॥ आरोपयित्वा वेगेन नामयामास लीलया ॥ ५४ ॥ आकृष्यमाणं तत्तेन विबाणं बाहुशालिना ॥ मुष्टिदेशे विकूजित्वा द्विधाभूतमभज्यत ॥ ५५ ॥ ततः प्रज्वलिता भूमिर्नैव भाति च भास्करः ॥ धनुषो भङ्गनादेन भ्रमतीव नभस्तलम् ॥ ५६ ॥ तदद्भुतं महद्दृष्ट्वा विस्मयं परमं गतः ॥ भयाद्भयदशत्रूणां तदिहाख्यातुमागतः ॥ न जानामि महाराज कौ तावमितविक्रमौ ॥ ५७ ॥ एकः कैलाससंकाशः एकोऽञ्जनगिरिप्रभः ॥ स तु तच्चापरत्नं वै भङ्क्त्वा स्तम्भमिव द्विपः ॥ ५८ ॥ निष्पपातामितगतिः सानुगोऽमितविक्रमः ॥ अगमत्तं द्विधा कृत्वा न जाने कोऽप्यसौ नृप ॥ ५९ ॥ श्रुत्वैव धनुषो भङ्गं कंसो विदितविस्तरः ॥ विसृज्यायुधपालं वै प्रविवेश गृहोत्तमम् ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कंसधनुर्भंगो नाम अष्टाविंशोऽध्यायः ॥ २८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स चिन्तयित्वा धनुषो भंगं भोजविवर्द्धनः ॥ बभूव विमना राजा चिन्तयन्भृशदुःखितः ॥ १ ॥ कथं बालो विगतभी-

तत्काल आपके पास आया हूँ। वे अद्भुत पराक्रमी बालक कौन हैं, यह मैं नहीं जानता ॥५७॥ उनमेंसे एक कैलास पर्वतके समान गौरवर्ण और दूसरा अंजनगिरिकी तरह श्यामवर्ण था। जैसे कोई हाथी किसी खम्भेको विदीर्ण कर दे, ठीक उसी प्रकार दूसरे श्यामवर्णके बालकने धनुष तोड़ डाला और अपने अनुचरोंके साथ वायुवेगसे न जाने किधर चला गया ॥ ५८ ॥ ॥ ५९ ॥ आयुधागारके रक्षकसे धनुष टूटनेका वृत्तान्त विस्तारपूर्वक सुनकर कंसने उसे विदा कर दिया और स्वयं अपने उत्तम अन्तःपुरमें चला गया ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाविंशोऽध्यायः ॥ २८ ॥

(कंसकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—महाराज! भोजपति कंस धनुषभङ्गकी ही बात सोचता हुआ बहुत दुखी तथा विमनस्क हो गया ॥ १ ॥ वह सोचने लगा कि एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बालक निर्भीकभावसे शस्त्रागारमें पहुँच गया और किस प्रकार सबके समक्ष धनुष तोड़कर चलता बना ॥ २ ॥ जिसके भयसे लोकनिन्दित तथा अत्यन्त कठोर कार्य करते हुए मैंने
अपने चाचाकी पुत्री देवकीके छ बालक मार डाले ॥३॥ किन्तु अन्तमें मेरे भाग्यमें जो था, वही हुआ। पुरुषार्थके बलपर दैवका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। देवर्षि नारदने जो कहा
था, वही हुआ ॥४॥ दुरात्मा कंस इस प्रकार चिन्तना करनेके बाद घरसे बाहर निकलकर यज्ञशालाका सभामञ्च देखनेके लिए अकेला ही बड़ी तेजीसे चलकर प्रेक्षागृहमें जा पहुँचा ॥५॥
उसने देखा कि श्रेणीबद्ध बल्लियों तथा खम्भोंकी सहायतासे सुदृढ़ सभामञ्च बनकर तैयार है। उसमें जितने घर बने हैं, उन सबके चारों ओर नागदन्त (खूँटी) बने हुए हैं। मञ्चपर
चढ़नेके लिए ऊँची और चौड़ी सीढ़ियाँ बनी हुई हैं ॥६–८॥ सर्वत्र सिंहासन बिछे हुए हैं और घूमने-फिरनेवालोंके लिए चौड़ी गलियाँ बनी हुई हैं। चारों ओर वेदियाँ बना दी गयी हैं
और मजबूत मञ्च बनाये गये हैं। जिससे बहुतेरे लोगोंके बोझसे भी उनके टूटनेकी सम्भावना नहीं है ॥९॥ हे महाराज! यज्ञशालाको भलीभाँति सुसज्जित देखकर बुद्धिमान् कंसने कर्म-

पितृस्वस्रात्मजान्वीरान्षडेवाहं
रवमत्य महाबलम् ॥ प्रेक्षमाणस्तु पुरुषैर्धनुर्भङ्क्त्वा विनिर्गतः ॥ २ ॥ यस्यार्थे दारुणं कर्म कृतं लोकविगर्हितम् ॥
न्यपोथयम् ॥ ३ ॥ दैवं पुरुषकारेण न शक्यमतिवर्तितुम् ॥ नारदोक्तं च वचनं नूनं मह्यमुपस्थितम् ॥ ४ ॥ एवं राजा विचिन्त्याथ निष्क्रम्य
स्वगृहोत्तमात् ॥ प्रेक्षागारं जगामाशु मञ्चानामवलोककः ॥ ५ ॥ स दृष्ट्वा सर्वनिर्मुक्तं प्रेक्षागारं नृपोत्तमः ॥ श्रेणीनां दृढनिर्युक्तैर्मञ्चवाटैर्निरन्तरम्
॥ ६ ॥ सोत्तमागारयुक्ताभिर्वलभीभिर्विभूषितम् ॥ छदीभिः संप्रवृद्धाभिरेकस्तम्भैर्विभूषितम् ॥ ७ ॥ सर्वतः सारनिर्व्यूहं स्वायतं सुप्रतिष्ठितम् ॥
उदक्प्रवणमक्लिष्टं मञ्चारोहणमुत्तमम् ॥ ८ ॥ नृपासनपरिक्षिप्तं संचारपथसंकुलम् ॥ छन्नं तद्वेदिकाभिश्च मानुषौघभरक्षमम् ॥ ९ ॥ स दृष्ट्वा भूषितं रङ्ग-
माज्ञापयत बुद्धिमान् ॥ श्वः सचित्राः समाल्याश्च सपताकास्तथैव च ॥ १० ॥ सुवासिता वपुष्मन्त उपनीतोत्तरच्छदाः ॥ क्रियन्तां मञ्चवाटाश्च
वलभ्यो वीथयस्तथा ॥११॥ रङ्गवाटे करीषस्य कल्प्यन्तां राशयोऽन्यथाः ॥ पटास्तरणशोभाश्च वलयश्चानुरूपतः ॥१२॥ स्थाप्यन्तां सुनिखाताश्च
पानकुम्भा यथाक्रमम् ॥ उदभारसहाः सर्वे सकांचनघटोत्तमाः ॥ १३ ॥ बलयश्चोपकल्प्यन्तां कषायाश्चैव कुम्भशः ॥ प्राश्निकाश्च निमन्त्रयन्तां
श्रेण्यश्च सपुरोगमाः ॥ १४ ॥ आज्ञा च देया मल्लानां प्रेक्षकाणां तथैव च ॥ समाजे मञ्चशोभाश्च कल्प्यन्तां सूपकल्पिताः ॥ १५ ॥ एवमाज्ञाप्य

चारियोंको आदेश दिया—कल तुम लोग इन सब मञ्चोंपर विचित्र प्रकारको पुत्तलिकायें, चित्र, माला, पताका, चन्दन और चित्रमयी पुतलियोंसे अङ्कित चँदोवे लगा दो ॥ १० ॥
सुवासित और चित्रित गलीचे बिछाये जायँ। इसकी गलियाँ प्रशस्त और साफ-सुथरी रक्खी जायँ ॥ ११ ॥ पहलवानोंका पसीना सुखानेके लिए उपलोंका महीन चूर्ण भी लाकर रख लो।
यहाँ रक्खे हुए कलशोंके ऊपर सुन्दर वस्त्रोंकी शोभा तथा उपयोगी उपहार जुटानेके आयोजनपर विशेष ध्यान दिया जाय ॥ १२ ॥ सुदृढ़ कलशोंमें जल भरके उन्हें धरतीके भीतर गाड़
दो और उनके ऊपर स्वर्णकलश रख दिये जायँ ॥ १३ ॥ प्रत्येक कलशपर बलि, सुगन्धद्रव्य तथा काषायवस्त्र अर्पित किये जायँ। युद्धधर्मके ज्ञाताओं, रणविशारदों तथा अन्यान्य
लोगोंको निमंत्रण भेज दो ॥ १४ ॥ पहलवानों और दर्शकोंके समुदायमें यह घोषणा करा दो कि वे लोग शीघ्र यहाँ आकर मंचकी शोभा बढ़ायें ॥१५॥ इस प्रकार भोजराज कंस सभाको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुसज्जित करनेका आदेश देकर अपने घर चला गया ॥ १६ ॥ घर पहुँचकर उसनें महाबली तथा जगद्विख्यात पहलवान चाणूर और मुष्टिकको बुलवाया ॥ १७ ॥ बुलावा पाते ही दोनों मल्ल मन ही मन प्रसन्न होते हुए वहाँ आ उपस्थित हुए ॥ १८ ॥ विश्वप्रसिद्ध दोनों पहलवानोंको अपने समक्ष उपस्थित देखकर उन्हें सम्बोधित करके कंसने ये युक्तिसंगत बातें कहीं ॥१९॥ वह बोला—वीर मलद्वय! इस पृथिवीपर तुम मेरे मल्ल कहलाते हो। अतएव मैं भी तुम्हारा उचित सम्मान करता हूँ और विशेष करके तुम लोग हो भी सम्मानके पात्र ॥२०॥ मेरे द्वारा प्राप्त सत्कारलाभ तथा उपकार यदि स्मरण हो तो तुम्हें भी हमारा एक महान् उपकार करना होगा ॥ २१ ॥ व्रजमें कृष्ण और बलराम नामके दो बालक इस समय बहुत बढ़ गये हैं। यद्यपि वे अभी बालक हैं, फिर भी बड़े वीर हैं ॥ २० ॥ तुम्हें इस सभामें उन दोनों जंगली बालकोंके साथ मल्लयुद्ध करके उन्हें मार डालना होगा ॥ २३ ॥ चंचल

राज्ञा स समाजविधिमुत्तमम् ॥ समाजवाटान्निष्क्रम्य विवेश स्वं निवेशनम् ॥ १६ ॥ आह्वानं तत्र संचक्रे तस्य मल्लद्वयस्य वै ॥ चाणूरस्याप्रमेयस्य मुष्टिकस्य तथैव च ॥ १७॥ तौ तु मल्लौ महावीर्यौ बलिनौ बाहुशालिनौ ॥ कंसस्याज्ञां पुरस्कृत्य हृष्टौ विविशतुस्तदा ॥ १८॥ तौ समीपगतौ दृष्ट्वा मल्लौ जगति विश्रुतौ ॥ उवाच कंसो नृपतिः सोपन्यासमिदं वचः ॥ १९ ॥ भवन्तौ मम विख्यातौ मल्लौ वीरध्वजोच्छ्रितौ ॥ पूजितौ च यथान्यायं सत्कारार्हौ विशेषतः ॥ २० ॥ तन्मत्तो यदि सत्कारः स्मर्यते सुकृतानि च ॥ कर्तव्यं मे महत्कर्म भवद्भ्यां स्वेन तेजसा ॥ २१ ॥ यावेतौ मम संवृद्धौ व्रजे गोपालकावुभौ ॥ संकर्षणश्च कृष्णश्च बालावपि जितश्रमौ ॥ २२ ॥ एतौ रङ्गगतौ युद्धे युद्ध्यमानौ वनेचरौ ॥ निपातानन्तरं शीघ्रं हन्तव्यौ नात्र संशयः ॥ २३ ॥ बालाविमौ सुचपलावक्रियाविति सर्वथा ॥ नावज्ञा तत्र कर्तव्या कर्त्तव्यो यत्न एव हि ॥ २४ ॥ ताभ्यां युधि निरस्ताभ्यां गोपाभ्यां रङ्गसन्निधौ ॥ आयत्यां च तदात्वे च श्रेयो मम भविष्यति ॥ २५ ॥ नृपतेः स्नेहसंयुक्तैर्वचोभिर्हृष्टमानसौ ॥ ऊचतुर्युद्धसंमत्तौ मल्लौ चाणूरमुष्टिकौ ॥ २६ ॥ यद्यावयोस्तौ प्रमुखे स्थास्येते गोपकिल्बिषौ ॥ हतावित्येव मन्तव्यौ प्रेतरूपौ तपस्विनौ ॥ २७ ॥ अनुयद्यावां प्रतियोत्स्येते तावरिष्टपरिप्लुतौ ॥ आवाभ्यां रोषयुक्ताभ्यां प्रमुखे तौ वनेचरौ ॥ २८ ॥ एवं वाग्विषमुत्सृज्य तावुभौ मल्लपुङ्गवौ ॥ अनुज्ञातौ नरेन्द्रेण स्वे गृहे तौ प्रजग्मतुः ॥ २९ ॥ महामात्रं ततः कंसो बभाषे हस्तिजीविनम् ॥ हस्ती कुवलयापीडः समाजद्वारि तिष्ठतु ॥ ३० ॥

स्वभावके बालक समझकर उनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। तुमको विशेष प्रयत्न करके उनसे लड़ना होगा ॥ २४ ॥ यदि तुम इस रंगशालामें मल्लयुद्ध द्वारा उन गोपबालकोंका वध करनेमें समर्थ हुए तो वर्तमान तथा भविष्यमें मेरा कल्याण होगा ॥ २५ ॥ राजा कंसकी इन स्नेहपूर्ण बातोंको सुनकर परम प्रसन्न तथा युद्धके लिए उत्सुक चाणूर और मुष्टिकने कहा—॥२६॥ राजन्! यदि वे दोनों पापी गोपबालक हमारे सम्मुख उपस्थित हुए तो आप निश्चित समझ लीजिए कि वे एक साथ यमराजके घर चले जायँगे॥२७॥ कदाचित् बलके अहंकारवश साहस करके वे मेरे साथ लड़नेको उतरेंगे तो आपके समक्ष मेरे क्रोधरूपी अग्निमें जलकर भस्म हो जायँगे ॥ २८ ॥ इस प्रकार वचनरूपी विष उगलकर वे दोनों वीर मल्ल महाराज कंससे विदा माँग तथा उसकी अनुमति प्राप्त करके अपने-अपने घर चले गये ॥ २९ ॥ तदनन्तर कंसने हाथियोंकी सेवासे जीविका प्राप्त करनेवाले महावतको बुलवाकर कहा—महावत!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुवलयापीड हाथीको सभाभवनके द्वारपर लाकर डटा दो ॥ ३० ॥ क्योंकि कुवलयापीड बलवान्, चंचल, मनुष्योंके प्रति क्रोधी, मदोन्मत्त तथा अपने प्रतिद्वन्द्वी हाथियोंके प्रति नितान्त रोषपरायण रहता है ॥ ३१ ॥ तुम वसुदेवके दोनों पुत्रोंपर दृष्टि रखना। वे यहाँ आयें, तैसे ही कुवलयापीड हाथीको इस प्रकार चलाओ कि जिससे दोनों बालक कुचलकर मर जायँ ॥ ३२ ॥ उस गजराज द्वारा यदि उन दोनों गोपबालकोंको तुम समाप्त कर सके तो मेरा बड़ा काम बन जायगा ॥ ३३ ॥ उसको मरा देखकर वसुदेव एकदम छिन्नमूल तथा असहाय होकर अपने बान्धवों तथा स्त्रीके साथ प्राण त्याग देंगे ॥ ३४ ॥ कृष्णके प्रेमी अन्यान्य मूर्ख यादव भी इस घटनाको घटित होते देखकर हताश हो जायँगे ॥ ३५ ॥ अतएव हाथी द्वारा, पहलवानों द्वारा अथवा स्वयं जैसे भी होगा, इन दोनोंको समाप्त करके मैं इस यादवशून्य मथुरापुरीमें सुखके साथ विहार करूँगा ॥ ३६ ॥ मैं कृष्णसमर्थक सभी यादवों तथा

बलवान्मदलोलाक्षश्चपलः क्रोधनो नृषु ॥ दानोत्कटकटश्चण्डः प्रतिवारणरोषणः ॥ ३१ ॥ स संनोदयितव्यस्ते तावुद्दिश्य वनौकसौ ॥ वसुदेवसुतौ वीरौ यथा स्यातां गतायुषौ ॥ ३२ ॥ त्वया चैव गजेन्द्रेण यदि तौ गोष्ठजीविनौ ॥ भवेतां पतितौ रङ्गे पश्येयमहमुत्कटौ ॥ ३३ ॥ ततस्तौ पतितौ दृष्ट्वा वसुदेवः सबान्धवः॥ छिन्नमूलो निरालम्बः सभार्यो विनशिष्यति ॥३४॥ ये चेमे यादवा मूर्खाः सर्वे कृष्णपरायणाः ॥ विनशिष्यन्ति छिन्नाशा दृष्ट्वा कृष्णं निपातितम् ॥ ३५ ॥ एतौ हत्वा गजेन्द्रेण मल्लैर्वा स्वयमेव वा ॥ पुरीं निर्यादवीं कृत्वा विचरिष्याम्यहं सुखी ॥३६॥ पिता हि मे परित्यक्तो यादवानां कुलोद्वहः ॥ शेषाश्च मे परित्यक्ता यादवाः कृष्णपक्षिणः ॥ ३७ ॥ न चाहमुग्रसेनेन जातः किल सुतार्थिना ॥ मानुषेणाल्पवीर्येण यथा मामाह नारदः ॥३८॥ महामात्र उवाच ॥ कथमुक्तं नारदेन राजन्देवर्षिणा पुरा ॥ आश्चर्यमेतत्कथितं त्वत्तः श्रुतमरिन्दम ॥ ३९ ॥ कथमन्येन जातस्त्वमुग्रसेनात्पितुर्विना ॥ तव मात्रा कथं राजन्कृतं कर्मेदमीदृशम् ॥ ४० ॥ अन्यापि प्राकृता नारी न कुर्याच्च जुगुप्सितम् ॥ विस्तरं श्रोतुमिच्छामि ह्येतत्कौतूहलं हि मे ॥ ४१ ॥ कंस उवाच ॥ यथा कथितवान्विप्रो महर्षिर्नारदः प्रभुः ॥ तथाऽहं संप्रवक्ष्यामि यदि ते श्रवणे मतिः ॥ ४२ ॥ आगतः शक्रसदनात्स वै शक्रसखो मुनिः ॥ चन्द्रांशुशुक्लवसनो जटामण्डलमुद्वहन् ॥ ४३ ॥ कृष्णाजिनोत्तरीयेण

अपने पितातकको त्याग चुका हूँ ॥३७॥ जैसा कि नारदजीने मुझसे कहा था, तदनुसार स्वल्पपराक्रमी मनुष्य उग्रसेनके द्वारा मेरा जन्म नहीं हुआ है ॥३८॥ महावत बोला—महाराज! देवर्षि नारदने आपसे क्या कहा था? मैंने आपके मुखसे यह बड़ी अद्भुत बात सुनी ॥ ३९ ॥ उग्रसेनके अतिरिक्त आप किसी अन्य पिताके द्वारा किस प्रकार उत्पन्न हुए? एक साधारण स्त्री भी जिस कुत्सित कार्यको करनेमें हिचकती है, तब आपकी यशस्विनी माता भला ऐसा दुराचार करनेके लिए कैसे अग्रसर हुईं? हे महाराज! मैं यह वृत्तान्त विस्तारके साथ सुनना चाहता हूँ। क्योंकि इसे सुननेके लिए मुझे बड़ा कौतूहल है। ॥४०॥ कंस कहने लगा—महामात्र! यदि यह वृत्तान्त सुननेकी लालसा है तो महर्षि नारदने मुझसे जो कहा था, मैं यथार्थ रीतिसे वह बात बता रहा हूँ—सुनो ॥४१॥४२॥ एक समय देवराज इन्द्रके मित्र देवर्षि नारद देवलोकसे यहाँ आये। उनके परिधानवस्त्र चन्द्रमाकी किरणोंसदृश श्वेत थे। उनके मस्तकपर जटा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विराज रही थी ॥ ४३ ॥ उनके गलेमें कृष्णमृगचर्मका उत्तरीय, स्वर्णयज्ञोपवीत और हाथमें कमण्डलु तथा दण्ड विद्यमान था। देखनेमें वे दूसरे प्रजापति जान पड़ते थे ॥ ४४ ॥ ब्रह्मलोकविहारी ऋषिवर नारद विद्वान्, चारों वेदोंके वक्ता और सङ्गीतशास्त्रमें पूर्ण निपुण थे ॥ ४५ ॥ उन्हें समक्ष विद्यमान देखकर मैंने पाद्य-अर्घ्य आदिके द्वारा उनका विधिवत् पूजन किया और बैठनेके लिए आसन दिया। जब वे बैठ गये, तब मैं भी बैठा ॥ ४६ ॥ तदनन्तर उन्होंने बड़े प्रसन्न मनसे कुशलप्रश्न किया और मुझे सम्बोधित करके कहा—वीरवर कंस! तुमने मेरी यथायोग्य पूजा की है। अब मैं तुम्हें एक बात बताता हूँ, उसे सुनो और हृदयङ्गम कर लो ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ एक बार मैं स्वर्णमय सुमेरुपर्वतपर स्थित देवसभामें गया हुआ था ॥ ४९ ॥ वहाँ जाकर मैंने देखा कि देवता बन्धु-बान्धवों समेत तुम्हारा विनाश करनेके लिए आपसमें मंत्रणा कर रहे हैं ॥ ५० ॥ अन्तमें यह निश्चित हुआ कि सर्वलोकनमस्कृत भगवान

रुक्मयज्ञोपवीतवान् ॥ दण्डी कमण्डलुधरः प्रजापतिरिवापरः ॥ ४४ ॥ गाता चतुर्णां वेदानां विद्वान्गान्धर्ववेदवित् ॥ स नारदोऽथ देवर्षिर्ब्रह्मलोकचरोऽव्ययः ॥ ४५ ॥ तमागतमृषिं दृष्ट्वा पूजयित्वा यथाविधि ॥ पाद्यार्घमासनं दत्त्वा संप्रवेश्योपविश्य ह ॥ ४६ ॥ सुखोपविष्टोऽथ मुनिः पृष्ट्वा च कुशलं मम ॥ उवाच च प्रीतमना देवर्षिर्भावितात्मवान् ॥ ४७ ॥ पूजितोऽहं त्वया वीर विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ इदमेकं मम वचः श्रूयतां प्रतिगृह्यताम् ॥ ४८ ॥ गतोऽहं देवसदनं सौवर्णं मेरुपर्वतम् ॥ सोऽहं कदाचिद्देवानां समाजे मेरुमूर्द्धनि ॥ ४९ ॥ तत्र मन्त्रयतामेवं देवतानां मया श्रुतः ॥ भवतः सानुगस्यैव वधोपायः सुदारुणः ॥ ५० ॥ तत्र यो देवकीगर्भो विष्णुर्लोकनमस्कृतः ॥ योऽस्या गर्भोऽष्टमः कंस स ते मृत्युर्भविष्यति ॥ ५१ ॥ देवानां स तु सर्वस्वं त्रिदिवस्य गतिश्च सः ॥ परं रहस्यं देवानां स ते मृत्युर्भविष्यति ॥ ५२ ॥ यत्नश्च क्रियतां कंस गर्भाणां पातनं प्रति ॥ नावज्ञा रिपवे कार्या दुर्बले स्वजनेऽपि वा ॥ ५३ ॥ न चायमुग्रसेनः स पिता तव महाबलः ॥ द्रुमिलो नाम तेजस्वी सौभस्य पतिरूर्जितः ॥ ५४ ॥ श्रुत्वाहं तद्वचस्तस्य किंचिद्रोषसमन्वितः ॥ भूयोऽपृच्छं कथं ब्रह्मन्द्रुमिलो नाम दानवः ॥ ५५ ॥ मम मात्रा कथं तस्य ब्रूहि विप्र समागमः ॥ एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं विस्तरेण तपोधन ॥ ५६ ॥ नारद उवाच ॥ हन्त ते कथयिष्यामि शृणु राजन् यथार्थतः ॥ द्रुमिलस्य च माता ते संवादं च समागमम् ॥ ५७ ॥ सुयामुनं नाम नगं तव माता रजस्वला ॥ प्रेक्षितुं सहिता स्त्रीभिर्गता वै सकुतूहला ॥ ५८ ॥

विष्णु देवकीके गर्भसे अवतार लेंगे। तदनुसार देवकीके आठवें गर्भसे उत्पन्न बालक तुम्हारा काल होगा ॥ ५१ ॥ वे नारायण देवताओंकी गति, रहस्य और सर्वस्व हैं और वे ही तुम्हारे नाशक होंगे ॥ ५२ ॥ अतएव तुम देवकीके गर्भ नष्ट करनेका उपाय करो। क्योंकि शत्रु यदि सामान्य, दुर्बल तथा स्वजन हो। फिर भी उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए ॥ ५३ ॥ और फिर उग्रसेन तुम्हारे पिता नहीं हैं। सौभका अधिपति, महातेजस्वी और बलवान् द्रुमिल दानव तुम्हारा वास्तविक पिता है ॥ ५४ ॥ देवर्षि नारदका वचन सुनकर मुझे कुछ रोष आ गया और मैंने उनसे फिर प्रश्न किया—ब्रह्मन्! यह द्रुमिल दानव कौन है? ॥ ५५ ॥ मेरी माताके साथ उसका समागम किस प्रकार हुआ? हे तपोधन! इस वृत्तान्तको मैं विस्तारके साथ सुनना चाहता हूँ ॥ ५६ ॥ नारद बोले—राजन्! द्रुमिलके साथ तुम्हारी माताके समागमका वृत्तान्त मैं ठीक-ठीक बता रहा हूँ। सुनो— ॥ ५७ ॥ एक बार तुम्हारी रजस्वला माता अपनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सखियोंके साथ वनकी शोभा निरखनेके लिए सुयामुन पर्वतपर गयी हुई थी ॥ ५८ ॥ वहाँ वह रमणीय पर्वतशिखर, गुफा, नदी और वन्य प्रदेशोंमें विचरने लगी ॥ ५९ ॥ विचरण-कालमें किन्नरोंका सुमधुर संगीत, कामोद्दीपक तथा श्रवणसुखदायी वार्ता, मयूरध्वनि और पक्षियोंके कलरव आदिके मधुर शब्द सुनते-सुनते उसके मनमें प्रबल कामवासना जागृत हो गयी ॥ ६० ॥ ६१ ॥ उसी समय वासनाको और भी उद्दीप्त करनेवाली वनराजिसे निकली हुई सुगन्धित वायु धीरे-धीरे बहने लगी ॥ ६२ ॥ कदम्बपुष्पकी सुगन्धिसे सारा वन सुगन्धित हो उठा और भौंरोंका झुण्ड प्रत्येक पुष्पपर विचरने लगा ॥६३॥ केसरके वृक्षसे पुष्प गिरने लगे और कदम्बके वृक्ष पुष्पित एव कण्टकित होकर दीपकके समान प्रकाश फैलाने लगे ॥६४॥ पृथिवीपर नयी घासें उग आयीं और इन्द्रगोप नामके कीड़ोंसे आच्छन्न होकर वसुन्धरा नवयौवना नारीके समान शोभासम्पन्न हो गयी ॥ ६५ ॥ उसी समय दैवयोगसे सौभपति श्रीमान्

सा तत्र रमणीयेषु रुचिरद्रुमसानुषु ॥ चचार नगशृङ्गेषु कन्दरेषु नदीषु च ॥ ५९ ॥ किन्नरोद्गीतमधुराः प्रतिश्रुत्याभिनादिताः ॥ शृण्वन्ती कामजननीर्वाचः श्रोत्रसुखावहाः ॥ ६० ॥ बर्हिणां चैव विरुतं खगानां च विकूजितम् ॥ अभीक्ष्णमभिशृण्वन्ती स्त्रीधर्ममभिरोचयत् ॥ ६१ ॥ एतस्मिन्नन्तरे वायुर्वनराजिविनिःसृतः ॥ हृद्यः कुसुमगन्धाढ्यो ववौ मन्मथबोधनः ॥ ६२ ॥ द्विरेफाभरणाश्चैव कदम्बा वायुघट्टिताः ॥ मुमुचुर्गन्धमधिकं संततासारमूर्छिताः ॥ ६३ ॥ केसराः पुष्पवर्षेण ववृषुर्मदबोधनाः ॥ नीपा दीपा इवाभान्ति पुष्पकण्टकधारिणः ॥ ६४ ॥ मही नवतृणच्छन्ना शक्रगोपविभूषिता ॥ यौवनस्थेव वनिता स्वं दधारार्तवं वपुः ॥ ६५ ॥ अथ सौभपतिः श्रीमान्द्रुमिलो नाम दानवः ॥ भविष्यद्दैवयोगेन विधात्रा तत्र नीयते ॥ ६६ ॥ कामगेन रथेनाशु तरुणादित्यवर्चसा ॥ यदृच्छया गतस्तत्र सुयामुनदिदृक्षया ॥ ६७ ॥ विहायसा कामगमो मनसोऽप्याशुगामिना ॥ स तं प्राप्य पर्वतेन्द्रमवतीर्य रथोत्तमात् ॥ ६८ ॥ पर्वतोपवने न्यस्य रथं पररथारुजम् ॥ उभौ तौ सूतसहितौ चेरतुर्नगमूर्द्धनि ॥ ६९ ॥ ततो बहून्यपश्येतां काननानि वनानि च ॥ सर्वर्तुगुणसंपन्ने नन्दनस्येव कानने ॥ ७० ॥ चेरतुर्नगशृंगेषु कन्दरेषु नदीषु च ॥ नानाधातुपिनद्धैश्च शृंगैर्बहुभिरुच्छ्रितैः ॥ ७१ ॥ नानारत्नविचित्रेषु काञ्चनाञ्जनराजतान् ॥ नानाकुसुमगन्धाढ्यान्नानासत्त्वगणैर्युतान् ॥ ७२ ॥ नानाद्विजगणैस्तुष्टान्नानापुष्पफलद्रुमान् ॥ नानौषधिसमायुक्तानृषिसिद्धानुसेवितान् ॥ ७३ ॥ विद्याधरान्किंपुरुषानृक्षवानरराक्षसान् ॥ सिंहा-

द्रुमिल दानव सुयामुन पर्वतको देखनेकी इच्छासे अपने इच्छाचारी और सूर्यसदृश तेजस्वी रथपर सवार होकर आया ॥६६॥६७॥ वहाँ पहुँचकर वह रथसे उतर पड़ा और रथको पर्वतके एक किनारे खड़ा करके सारथीके साथ पर्वतशिखरपर विचरने लगा ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ नन्दनवनके समान सर्वगुणसम्पन्न उस वनमें घूमते हुए उन दोनोंने बहुतेरे वनोंको देखा ॥ ७० ॥ वह सुयामुन पर्वत गैरिकादि विविध धातुओंसे सम्पन्न होनेके कारण विचित्र वर्णका हो रहा था । उसके सभी शिखर स्वर्ण तथा रौप्यमय थे । उसपर विविध भाँतिके पुष्प खिले थे और विभिन्न जातिके प्राणी निवास करते थे ॥ ७१ ॥ ७२ ॥ तरह-तरहके पक्षी, फल-पुष्पसे लदे वृक्ष, औषधि. ऋषि, सिद्ध, विद्याधर, किन्नर, रीछ, वानर, राक्षस, सिंह, व्याघ्र, शूकर,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महिष, शरभ, सृमर, चमरी गाय और यक्ष आदिकोंको देखकर वे दोनों पर्वत, कन्दरा और नदी आदि रमणीय स्थानोंमें विचरने लगे ॥ ७३–७५ ॥ घूमते-घूमते दुमिलने दूरसे देवाङ्गनासदृश रूपवती और विस्तृत नितम्बवाली तुम्हारी माताको अपनी सखियोंके साथ फूल चुनते देखा ॥ ७६ ॥ उसे देखकर बहुत विस्मित होते हुए सौभपतिने अपने सारथीसे कहा—। ७७ ॥ सूत ! कामदेवकी पत्नी रतिके समान सुन्दरी, इन्द्रपत्नी शचीके समान रूप-लावण्यसम्पन्ना और वनविहारिणी यह मृगनयनी स्त्री कौन है ? यह तिलोत्तमा अप्सरा या कि नारायणके ऊरुप्रदेशसे उत्पन्न श्री और महाराज पुरूरवाकी पत्नी उर्वशी तो नहीं है ? ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ मैंने सुना है कि अमृतमन्थनके समय देवताओं और दैत्योंने मन्दराचलको मथानी बनाकर अमृतप्राप्तिके लिए क्षीरसागरको मथा था और उससे सारे संसारको भानेवाली लक्ष्मी उत्पन्न हुई थीं। तो क्या यह विष्णुभगवानकी गोदमें सुशोभित होनेवाली लक्ष्मी

न्व्याघ्रान्वराहांश्च महिषाञ्छरभाञ्छशान् ॥ ७४ ॥ सृमरांश्चमरान्यङ्कून्मातङ्गान्यक्षराक्षसान् ॥ एवं बहुविधान्पश्यंश्चरमाणो नगोत्तमम् ॥ ७५ ॥ दूराद्ददर्श नृपतिर्देवीं देवसुतोपमाम् ॥ क्रीडमानां सखीभिश्च पुष्पं चैव विचिन्वतीम् ॥ ७६ ॥ ततश्चरन्तीं सुश्रोणीं सखीभिः सह संवृताम् ॥ दृष्ट्वा सौभपतिर्दूराद्विस्मयन्नसूतमब्रवीत् ॥ ७७ ॥ कस्येयं मृगशावाक्षी वनान्तरविचारिणी ॥ रूपौदार्यगुणोपेता मन्मथस्य रतिर्यथा ॥ ७८ ॥ शचीव पुरुहूतस्य उताहो वा तिलोत्तमा ॥ नारायणोरुं निर्भिद्य संभूता वरवर्णिनी ॥ ऐलस्य दयिता देवी योषिद्रत्नं किमुर्वशी ॥ ७९ ॥ क्षीरार्णवे मथ्यमाने सुरासुरगणैः सह ॥ मन्थानं मन्दरं कृत्वाऽमृतार्थमिति नः श्रुतम् ॥ ८० ॥ ततोऽमृतात्समुत्तस्थौ देवी श्रीर्लोकभाविनी ॥ नारायणाङ्कलुलिता किं श्रीरेषा वराङ्गना ॥ ८१ ॥ नीलमेघान्तरगता द्योतयन्त्यचिरप्रभा ॥ तथा योषिद्गणान्मध्ये रूपं प्रद्योतयद्वनम् ॥ ८२ ॥ अतीव सुकुमाराङ्गी सुप्रभेन्दुनिभानना ॥ दृष्ट्वा रूपमनिन्द्याङ्ग्या विभ्रान्तो व्याकुलेन्द्रियः ॥ ८३ ॥ कामस्य वशमापन्नो मनो विभ्रमतीव मे ॥ भृशं कृन्तति मेऽङ्गानि सायकैः कुसुमायुधः ॥ ८४ ॥ भित्त्वा हृदि शरान्पञ्च निर्दयं हन्ति मे मनः ॥ हृदयाग्निर्वर्द्धयति आज्यसिक्त इवानलः ॥ कथमद्य भवेत्कार्यं शमार्थं मन्मथाग्निना ॥ ८५ ॥ केनोपयेन किं कुर्मो भजेन्मां मत्तगामिनी ॥ एवं बहु चिन्तयानो नोपलभ्य च दानवः ॥ ८६ ॥ सूतमाह मुहूर्तं तु तिष्ठस्व

ही हैं ? ॥ ८० ॥ ८१ ॥ यह रमणी नील मेघमें चमकनेवाली सौदामिनी (बिजली) की तरह सुन्दर लग रही है। इन स्त्रियोंके साथ घूमती हुई यह सुन्दरी अपने सौन्दर्यसे सारे वनको आलोकित कर रही है ॥ ८२ ॥ इसके प्रत्येक अङ्ग बड़े ही सुकुमार हैं और प्रभासम्पन्न चन्द्रमाके समान सुन्दर इसका मुख है। इसका अनूप रूप देखकर मैं उद्भ्रान्त, व्याकुल तथा कामके वशीभूत हो गया हूँ और मेरी इन्द्रियाँ विकल हो गयी हैं ॥ ८३ ॥ कामावेशके कारण मेरा मन चञ्चल हो उठा है। कामदेवके बाण मेरे अङ्ग-प्रत्यङ्गको मानो क्षत-विक्षत किये दे रहे हैं ॥ ८४ ॥ कामदेव बड़ो निर्दयताके साथ मेरा हृदय विदीर्ण करके सारा शरीर भस्म किये दे रहा है और आहुति प्राप्त अग्निके समान मेरा कामानल बराबर बढ़ता जा रहा है। इस समय इस कामाग्निको बुझानेका क्या उपाय है ? ॥ ८५ ॥ मैं कौन-सा उपाय करूँ कि जिससे यह सुन्दरी मेरे हाथ आ जाय ? इस तरह बहुतेरे ढङ्ग उसनेसोचे, किन्तु कोई उपाय नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुझा ॥ ८६ ॥ इसके बाद सारथीको सम्बोधित करके द्रुमिलने कहा—सूत ! थोड़ी देर तुम यहीं ठहरो । मैं उसे देखने और पता लगाने जा रहा हूँ कि यह किसकी स्त्री है ॥ ८७ ॥ मैं जबतक लौट कर यहाँ न आजाऊँ, तबतक तुम यहीं रहकर मेरी प्रतीक्षा करो । द्रुमिल दानवके वचन सुनकर सारथीने उसकी बात स्वीकार कर ली ॥ ८८ ॥ सारथीको ऐसा आदेश देकर दानवेन्द्र द्रुमिल उस सुन्दरीके दर्शनार्थ जानेको प्रस्तुत हुआ । उसी समय उसने जलसे आचमन करके जो ध्यान लगाया तो उसे ज्ञात हो गया कि वह सुन्दरी उग्रसेनकी पत्नी है । यह जानकर उसे बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ ८९ ॥ ९० ॥ तत्काल उस दानवने उग्रसेनका रूप धारण कर लिया और सहसा उस सुन्दरीके पास जा पहुँचा ॥ ९१ ॥ वहाँ पहुँचकर हँसते हुए द्रुमिलने तुम्हारी माताका आलिङ्गन कर लिया । तुम्हारी माता भी पतिको पाकर बहुत प्रसन्न हुई और भावार्द्र चित्तसे उसको आलिङ्गन करने लगी । किन्तु थोड़ी देर बाद उसको देखकर शंका हुई और तुरन्त खड़ी होकर भयभीत भावसे बोली—मुझे यह निश्चितरूपसे ज्ञात हो रहा है कि तुम मेरे पति नहीं हो । बोलो, तुम कौन हो ? अवश्य ही तुम बड़े पापी

त्वमिहानघ ॥ अहं यस्यामि तां द्रष्टुं कस्येयमिति योषितम् ॥ ८७ ॥ प्रतीक्षमाणस्तिष्ठस्व यावदागमनं मम ॥ श्रुत्वा तु वचनं तस्य तथाऽस्त्विति वचोऽब्रवीत् ॥ ८८ ॥ एवमुक्त्वा दानवेन्द्रो गमनाय मनो दधे ॥ वार्युपस्पृश्य बलवान्ध्यानमेवान्वचिन्तयत् ॥ ८९ ॥ मुहूर्तं ध्यानमात्रेण दृष्टं ज्ञानबलात्ततः ॥ उग्रसेनस्य पत्नीति ज्ञात्वा हर्षमुपागतः ॥ ९० ॥ उग्रसेनस्य रूपं वै कृत्वा स्वं परिवर्त्य सः ॥ उपासर्पन्महाबाहुः प्रहसन्दानवेश्वरः ॥ ९१ ॥ स्मयमानश्च शनकैर्जग्राहामितवीर्यवान् ॥ उग्रसेनस्य रूपेण मातरं तेऽप्रधर्षयत् ॥ ९२ ॥ सा पतिस्निग्धहृदया तं भावेनोपसर्पती ॥ शङ्किता चाभवत्पश्चात्तस्य गौरवदर्शनात् ॥ ९३ ॥ सा तमाहोत्थिता भीता न त्वं मम पतिर्ध्रुवम् ॥ कश्च त्वं विकृताचारो येनास्मि मलिनीकृता ॥ ९४ ॥ एकभर्तृव्रतमिदं मम संदूषितं त्वया ॥ पत्युर्मे रूपमास्थाय नीच नीचेन कर्मणा ॥ ९५ ॥ किं मां वक्ष्यंति रुषितं बान्धवाः कुलपांसनीम् ॥ जुगुप्सिता च वत्स्यामि पतिपक्षैर्निराकृता ॥ ९६ ॥ धिक्त्वामीदृशमक्षान्तं दुष्कुलं व्युत्थितेन्द्रियम् ॥ अविश्वास्यमनायुष्यं परदाराभिमर्शनम् ॥ ९७ ॥ स तामाह प्रसज्जन्तीं क्षिप्तः क्रोधेन दानवः ॥ अहं वै द्रुमिलो नाम सौभस्य पतिरूर्जितः ॥ ९८ ॥ किं मां क्षिपसि रोषेण मूढे पण्डितमानिनि ॥ मानुषं पतिमाश्रित्य नीचं मृत्युवशे स्थितम् ॥ ९९ ॥ व्यभिचारान्न दुष्यन्ति स्त्रियः स्त्रीमानगर्विते ॥ न ह्यासां नियता बुद्धिर्मानुषीणां विशेषतः

और नीच हो । तभी तो तुमने मेरे पतिका रूप धारण करके मुझे कलंकित किया और मेरा पातिव्रत धर्म नष्ट कर दिया ॥९२–९५॥ हाय, मैं कुलकलंकिनी हो गयी । मेरे बन्धु-बान्धव अब मुझे क्या कहेंगे ? आजसे मेरे पतिपक्षके लोग मुझे त्याग देंगे । अब मुझे संसारमें अतिशय निन्दित जीवन व्यतीत करना पड़ेगा ॥ ९६ ॥ तुम इतने इन्द्रियपरायण, इतने असहिष्णु, इतने अविश्वासी और इतने बड़े दुष्ट हो, तभी तो तुम इस तरह परनारीके अभिलाषुक हो । तुम्हें धिक्कार है । ऐसा करनेवाले पुरुषकी आयु क्षीण हो जाती है ॥९७॥ दानवेन्द्र द्रुमिलने इस प्रकार उस अबला द्वारा धिक्कृत होकर तुम्हारी मातासे क्रोधपूर्वक कहा—ओ अपनेको समझदार समझनेवाली मूर्ख स्त्री ! मैं सौभदेशका अधिपति राजा द्रुमिल हूँ ॥ ९८ ॥ तुम अपने मरणधर्मा और नीच पतिका आश्रय लेकर मेरा तिरस्कार क्यों कर रही हो ? ॥ ९९ ॥ स्त्रियाँ व्यभिचारसे कभी भी दूषित नहीं होतीं । क्योंकि स्त्रीमात्र तथा विशेष करके मानवी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्त्रियोंकी बुद्धि बहुत चंचल होती है ॥ १०० ॥ मैंने सुना है कि कुन्ती आदि अनेक स्त्रियोंने व्यभिचार द्वारा देवतासदृश सुन्दर और असाधारण पराक्रमी पुत्र प्राप्त किये थे ॥ १०१ ॥ संसारभरकी स्त्रियोंमें अपनेको पतिव्रता समझकर तुम्हारे मनमें जो आता है, वही बकती हुई मुझ निरपराधका तिरस्कार कर रही हो ! ॥१०२॥ ओ मूढ़े ! तुमने मुझे 'कस्य त्वं' कहकर उल्लेख किया है । इस कारण तुम्हारे गर्भसे शत्रुध्वंसी कंस नामका पुत्र उत्पन्न होगा ॥१०३॥ यह बात सुनकर तुम्हारी माताका क्रोध और भी भड़क उठा । उसने उस ढीठ दानवेन्द्रके वरदानकी निन्दा करके कहा—॥ १०४ ॥ हे दुष्ट ! तुम्हारे व्यवहारको धिक्कार है । तुम एक साथ सारे स्त्रीसमाजपर कलंक लगा रहे हो ! बहुतेरी स्त्रियाँ व्यभिचारिणी होती हैं तो बहुत-सी पतिव्रता स्त्रियाँ भी विद्यमान हैं ॥ १०५ ॥ ओ कुलाधम ! अरुन्धती आदि जिन पतिपरायणा स्त्रियोंका नाम मैंने सुना है, उन्होंने समय-समयपर अपने पातिव्रत धर्मके बलसे समस्त

॥ १०० ॥ श्रूयन्ते हि स्त्रियो बह्व्यो व्यभिचारव्यतिक्रमैः ॥ प्रसूता देवसंकाशान्पुत्रान्निश्चलविक्रमान् ॥ १०१ ॥ अतीव हि त्वं स्त्रीलोके पति-
धर्मवती सती ॥ शुद्धकेशान्विधुन्वन्ती भाषसे यद्यदिच्छसि ॥ १०२ ॥ कस्य त्वमिति यच्चाहं त्वयोक्तो मत्तकाशिनि ॥ कंसस्तस्माद्रिपुध्वंसी तव
पुत्रो भविष्यति ॥ १०३ ॥ सा सरोषा पुनर्भूत्वा निन्दन्ती तस्य तं वरम् ॥ उवाच व्यथिता देवी दानवं धृष्टवादिनम् ॥ १०४ ॥ धिक्ते वृत्तं
सुदुर्वृत्त यः सर्वा निन्दसि स्त्रियः ॥ सन्ति स्त्रियो नीचवृत्ताः सन्ति चैव पतिव्रताः ॥ १०५ ॥ यास्त्वेकपत्न्यः श्रूयन्तेऽरुधन्तीप्रमुखाः स्त्रियः ॥
धृता याभिः प्रजाः सर्वा लोकाश्चैव कुलाधम ॥१०६॥ यस्त्वया मम पुत्रो वै दत्तो वृत्तविनाशनः ॥ न मे बहुमतस्त्वेष शृणु चापि यदुच्यते ॥ १०७॥
उत्पत्स्यति पुमान्नीचः पतिवंशे ममाद्य यः ॥ भविष्यति स ते मृत्युर्यश्च दत्तस्त्वया सुतः ॥ १०८ ॥ द्रुमिलस्त्वेवमुक्तस्तु जगामाकाशमेव तु ॥
तेनैव रथमुख्येन दिव्येनाप्रतिगामिना ॥ १०९ ॥ जगाम च पुरीं दीना माता तदहरेव ते ॥ मामेवमुक्त्वा भगवान्नारदो मुनिसत्तमः ॥ ११० ॥
दीप्यमानस्तपोवीर्यात्साक्षादग्निरिव ज्वलन् ॥ वल्लकीं वाद्यमानो हि सप्तस्वरविमूर्छिताम् ॥१११॥ गायनो लक्ष्यवीथीं स जगाम ब्रह्मणोऽन्तिकम् ॥
शृणुष्वेदं महामात्र निबोध वचनं मम ॥ ११२ ॥ तथ्यं चोक्तं नारदेन त्रैलोक्यज्ञेन धीमता ॥ अलं बलेन वीर्येण मदेन विनयेन च ॥ ११३ ॥
प्रभावेणैव शौर्येण तेजसा विक्रमेण च ॥ सत्येन चैव दानेन नान्योऽस्ति सदृशः पुमान् ॥ ११४ ॥ विदित्वा सर्वमात्मानं वचनं श्रद्दधाम्यहम् ॥

त्रिलोकीकी रक्षा की है ॥ १०६ ॥ अरे कुलाङ्गार ! तूने मुझे जिस दुराचारी पुत्रकी प्राप्तिका वर दिया है, उसे मैं नहीं चाहती ॥ १०७ ॥ मेरे पतिके वंशमें जो शाश्वत पुरुष उत्पन्न होंगे, वे तुम्हारे वरदानसे उत्पन्न उस नीच पुत्रके कालस्वरूप होंगे ॥ १०८ ॥ तुम्हारी माताके इन वचनोंको सुनकर द्रुमिल आकाशगामी दिव्य रथपर सवार होकर अपने घर चला गया ॥१०९॥ इधर तुम्हारी माता भी अत्यधिक दुःखित होती हुई उसी दिन अपनी राजधानीको लौट आयी । हे महामात्र ! अपने तपोबलसे तेजस्वी शरीर मुनिश्रेष्ठ भगवान नारद भी मुझसे ऐसा कहकर अपनी सप्तस्वरमयी वीणा बजाते तथा सुन्दर संगीतका गान करते हुए ब्रह्माजीके पास चले गये । अब तुम मेरी बात सुनो और समझो ॥ ११०–११२ ॥ त्रिकालदर्शी और बुद्धिमान नारद मुझसे जो कह गये हैं, वह ठीक है । बल, वीर्य, मद, नीति, प्रभाव, ऐश्वर्य, तेज, पराक्रम, सत्य और दानमें कोई भी पुरुष मेरे समकक्ष नहीं है ॥ ११३ ॥ ११४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आद्योपान्त सब बातें सुनकर मैंने नारदजीकी बातपर विश्वास कर लिया। इस प्रकार मैं उग्रसेनका क्षेत्रज पुत्र हूँ ॥ ११५ ॥ मैंने माता-पिता द्वारा परित्यक्त होकर अपने प्रभावसे ही स्थित हूँ। मेरे माता-पिता और विशेष करके मेरे बान्धवगण मुझसे द्वेष करते हैं ॥ ११६ ॥ इन कृष्णसमर्थक सभी यादवोंको मैं समाप्त कर दूँगा। हाँ, पहले हाथीके द्वारा तुम कृष्ण-बलरामको नष्ट कर दो ॥ ११७ ॥ अब तुम अंकुश, प्रास और तोमर लेकर हाथीपर सवार हो जाओ और समाके द्वारपर खड़े रहो। अब देर करनेकी आवश्यकता नहीं है ॥११८॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

(भगवान कृष्ण द्वारा कुवलयापीडका वध) वैशम्पायन बोले—महाराज! उसके दूसरे दिन सबेरे युद्ध देखनेके लिए उत्सुक नागरिकोंसे सारी रंगशाला भर गयी ॥ १ ॥

क्षेत्रजोऽहं सुतस्तस्य उग्रसेनस्य हस्तिप ॥ ११५ ॥ मातापितृभ्यां संत्यक्तः स्थापितः स्वेन तेजसा ॥ उभाभ्यामपि विद्विष्टो बान्धवैश्च विशेषतः ॥ ११६ ॥ एतानपि हनिष्यामि यादवान्कृष्णपक्षिणः ॥ तदिमौ घातयित्वा तु हस्तिना गोपकिल्बिषौ ॥ ११७ ॥ तद्गच्छ गजमारुह्य सांकुशप्रासतोमरैः ॥ स्थिरो भव महामात्र समाजद्वारि मा चिरम् ॥११८॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्मिन्नहनि निर्वृत्ते द्वितीये समुपस्थिते ॥ आपूर्यत महारंगः पौरैर्युद्धदिदृक्षुभिः ॥१॥ सचित्राष्टास्त्रिचरणा सार्गलद्वारवेदिकाः ॥ सगवाक्षार्द्धचन्द्राश्च सुतल्पोत्तमभूषिताः ॥ २ ॥ प्राङ्मुखैश्चारुनिर्मुक्तैर्माल्यदामावतंसितैः ॥ अलंकृतैर्विराजद्भिः शारदैरिव तोयदैः ॥ ३ ॥ मञ्चागारैः सुनिर्युक्तैर्युद्धाय सुविभूषितैः ॥ समाजवाटः शुशुभे समेघौघ इवार्णवः ॥ ४ ॥ स्वकर्मद्रव्ययुक्ताभिः पताकाभिर्निरन्तरम् ॥ श्रेणीनां च गणानां च मञ्चा भान्त्यचलोपमाः ॥ ५ ॥ अन्तःपुरचराणां च प्रेक्षागाराण्यनेकशः ॥ रेजुः काञ्चनचित्राणि रत्नज्वालाकुलानि च ॥ ६ ॥ तानि रत्नौघक्लृप्तानि ससानुप्रग्रहाणि च ॥ रेजुर्जवनिकाक्षेपैः सपक्षा इव खे नगाः ॥ ७ ॥ तत्र चामरहारैश्च भूषणानां च सिञ्जितैः ॥ मणीनां च विचित्राणां विचित्राश्चेरुरर्चिषः ॥ ८ ॥ गणिकानां पृथङ्मञ्चाः शुभैरास्तरणाम्बरैः ॥ शोभिता वारमुख्याभिर्विमानप्रतिमौजसः ॥ ९ ॥

सारा सभामञ्च चित्रपटों, अष्टकोण स्तम्भों, अर्गलद्वारयुक्त वेदियों, अर्धचन्द्राकार झरोखों और उत्कृष्ट बिछौने आदि उपकरणोंसे अलंकृत होनेके कारण मेघसमूहसे परिपूर्ण महासमुद्रके समान दीख रहा था। मालाओंसे विभूषित, राजरानियोंके देखनेको महीन वस्त्रोंसे मण्डित और लड़नेके लिए सुसज्जित पहलवानोंसे भरी हुई वह मञ्चशाला शरत्कालीन शुभ्र मेघकी शोभा धारण किये हुए थी ॥ २–४ ॥ शिल्पियोंमेंसे जो जिस शिल्पकार्यपर नियुक्त था, उसके उस शिल्पसे अंकित पताकाओं द्वारा सुशोभित वह सभामंच पर्वतकी शोभा धारण किये हुए था ॥ ५ ॥ अन्तःपुरमें रहनेवाली स्त्रियोंको सभा देखनेके लिए रत्नजटित पताकाओं युक्त जो स्थान बने हुए थे, उनपर यवनिका पड़ी रहनेके कारण वे घर आकाशमें उड़नेवाले पक्षधारी पर्वतके समान लग रहे थे ॥ ६ ॥ उन घरोंमें चमर, हार तथा अलंकारोंकी ध्वनि और उनकी सम्मिलित उज्ज्वल प्रभा जगमगा रही थी ॥ ७ ॥ ८ ॥ उस सभाभवनके एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कोनेमें अच्छे बिछौनोंसे सुसज्जित विमानसदृश कुछ मंच बने हुए थे, जिनपर नगरकी सुसम्मानित वेश्यायें बैठी हुई थीं ॥ ९ ॥ सभाभवनके प्रत्येक मंचपर उत्कृष्ट आसन, सुनहले पलंग और फूलोंके गुच्छेसे युक्त विचित्र प्रकारके बिछौने बिछे हुए थे ॥ १० ॥ स्वर्णमय मदिराके पात्र, पानपात्र एवं जम्बीरादि फलोंका रस चारों ओर भर-भरके रक्खा हुआ था ॥ ११ ॥ उनके अतिरिक्त आस्तरणयुक्त सैकड़ों और हजारों काष्ठमय मञ्च बने हुए थे, उनकी गणना नहीं की जा सकती ॥ १२ ॥ सभाभवनके ऊपरी भागमें स्त्रियोंके लिए छोटे-छोटे झरोखों युक्त घर बने हुए थे, जो आकाशमें विद्यमान हंससमूह जैसे दीख रहे थे ॥ १३ ॥ उन सभी मंचोंके मध्यमें महीन वस्त्रों तथा स्वर्णस्तम्भोंसे विराजित सुमेरुशिखर सदृश कंसका सभामंच था। विविध प्रकारकी मालाओंसे विभूषित होकर वह पूर्वदिशाको आलोकित कर रहा था ॥ १४ ॥ १५ ॥ बहुत प्रकारके मनुष्योंकी भीड़से कोलाहलपूर्ण वह सभाभवन क्षुभित समुद्रके

तत्रासनानि ख्यातानि पर्यंकाश्च हिरण्मयाः ॥ प्रकीर्णाश्च कुथाश्चित्राः सपुष्पस्तबकैर्वृताः ॥ १० ॥ सौवर्णाः पानकुम्भाश्च पानभूम्यश्च शोभिताः ॥ फलावदंशपूर्णाश्च चांगेयैः पानयोजिताः ॥ ११ ॥ अन्ये च मञ्चा बहवः काष्ठसंचयबन्धनाः ॥ रेजुः प्रस्तरणास्तत्र शतशोऽथ सहस्रशः ॥ १२ ॥ उत्तमांगारिकाश्चैव सूक्ष्मजालावलोकिनः ॥ स्त्रीणां प्रेक्षागृहा भान्ति राजहंसा इवांबरे ॥ १३ ॥ प्राङ्मुखश्चारुनिर्युक्तो मेरुशृंगसमप्रभः ॥ रुक्मपत्रनिभस्तम्भश्चित्रनिर्योगशोभितः ॥ १४ ॥ प्रेक्षागारः स कंसस्य प्रचकाशेऽधिकं श्रिया ॥ शोभितो माल्यदामैश्च निवासकृतलक्षणः ॥ १५ ॥ तस्मिन्नानाजनाकीर्णे जनौघप्रतिनादिते ॥ समाजवाटे संस्तब्धे कम्पमानार्णवप्रभे ॥ १६ ॥ राजा कुवलयापीडः समाजद्वारि कुञ्जरः ॥ तिष्ठत्विति समाज्ञाप्य प्रेक्षागारमुपाययौ ॥ १७ ॥ स शुक्ले वाससी बिभ्रच्छ्वेतव्यजनचामरः ॥ शुशुभे श्वेतमुकुटः श्वेताभ्र इव चन्द्रमाः ॥ १८ ॥ तस्य सिंहासनस्थस्य सुखासीनस्य धीमतः ॥ रूपमप्रतिमं दृष्ट्वा पौराः प्रोचुर्जयाशिषः ॥ १९ ॥ ततः प्रविविशुर्मल्ला रंगमावलितांबराः ॥ तिस्रश्च भागशः कक्षाः प्राविशन्बलशालिनः ॥ २० ॥ ततस्तूर्यनिनादेन क्ष्वेडितास्फोटितेन च ॥ वसुदेवसुतौ हृष्टौ रंगद्वारमुपस्थितौ ॥ २१ ॥ बल्लवौ वस्त्रसंवीतौ सुरचन्दनभूषितौ ॥ ऊर्ध्वापीडौ स्रगापीडौ बाहुशस्त्रकृतौ यमौ ॥ आस्फोटयन्तावन्योऽन्यं बाहू चैवार्गलोपमौ ॥ २२ ॥ तावापतन्तौ त्वरितौ

समान लग रहा था ॥ १६ ॥ उधर राजा कंस सभाभवनके द्वारपर कुवलयापीड हाथीको नियुक्त करके प्रेक्षागारमें चला गया ॥ १७ ॥ उस समय वह श्वेत वस्त्र धारण किये हुए था। उसके श्वेत ही व्यजन, चमर तथा मुकुट थे। इसलिए ऐसा जान पड़ता था कि मानो धवल मेघोंमें चन्द्रमा उदित हो गये हैं ॥ १८ ॥ उस सभामें कंसके सिंहासनासीन हो जानेपर पुरवासी लोग उसका अनुपम रूप देखकर चारों ओरसे जयजयकार करने और आशीर्वाद देने लगे ॥ १९ ॥ तदनन्तर स्वर्णखचित वस्त्र धारण किये वीर मल्लगण क्रमशः तीन कक्ष पार करके सभाभवनमें जा पहुँचे ॥ २० ॥ उस समय तुड़हियाँ बज रही थीं और पहलवानोंके ताल ठोंकनेका शब्द सुनायी दे रहा था। इसी समय वसुदेवके दोनों पुत्र श्रीकृष्ण और बलराम भी बहुत प्रसन्न मनसे सभाभवनके द्वारपर जा पहुँचे ॥ २१ ॥ उस समय वे दोनों भाई सुन्दर वस्त्र पहनकर सुगन्धित चन्दन लगाये हुए थे। उनके मस्तकपर मुकुट, गलेमें माला और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हाथमें शस्त्र थे। वे अर्गलसदृश भुजाओंसे ताल ठोंक रहे थे ॥२२॥ द्वारपर पहुँचते ही महावतने कुवलयापीडको आगे बढ़ाया। वह दुष्ट और मस्त हाथी कृष्ण-बलरामको आगे बढ़नेसे रोकता हुआ अपनी सूँड़ कुडलाकार समेटकर उन्हें मार डालनेको उद्यत हो गया ॥२३॥२४॥ हाथीके रोकनेपर कृष्ण मुसकाये और दुरात्मा कंसके षड्यन्त्रकी निन्दा करते हुए मन ही मन कहने लगे कि जब यह पापी हमें हाथीसे मरवानेको उद्यत हो गया है तो अब इसके मरनेमें विलम्ब नहीं है ॥ २५ ॥ २६ ॥ भगवान कृष्ण ऐसा सोच ही रहे थे कि इतनेमें कुवलयापीड हाथी मेघके समान गर्जन करता हुआ उनके समीप जा पहुँचा। उसे आते देख वे छलाँग मारकर दूर हट गये और ताल ठोंकने लगे ॥२७॥ तदनन्तर सिंहनाद करते तथा तालियाँ बजाते हुए कृष्ण उसके समक्ष गये और उसकी सूँड़ पकड़ ली ॥२८॥ इसके बाद एक बार उसके दाँतोंके मध्यमें और फिर पैरोंके बीच जाकर इस प्रकार उसे सताने लगे, जैसे वायु मेघोंको इधर-

प्रतिषिद्धौ वराननौ ॥ तेन मत्तेन नागेन चोद्यमानेन वै भृशम् ॥ २३ ॥ स मत्तहस्ती दुष्टात्मा कृत्वा कुण्डलिनं करम् ॥ चकार चोदितो यत्नं
निहन्तुं बलकेशवौ ॥ २४ ॥ ततः प्रहसितः कृष्णस्त्रास्यमानो गजेन वै ॥ कंसस्य तन्मतं चैव जगर्हे स दुरात्मनः ॥ २५ ॥ त्वरते खलु कंसोऽयं
गन्तुं वैवस्वतक्षयम् ॥ यो मामनेन नागेन प्रधर्षयितुमिच्छति ॥ २६ ॥ सन्निकृष्टे ततो नागे गर्जमाने यथा घने ॥ सहसोत्पत्य गोविन्दश्चक्रे
तालस्वनं प्रभुः ॥ २७ ॥ क्ष्वेडितास्फोटितरवं कृत्वा नागस्य चाग्रतः ॥ करं ससीकरं तस्य प्रतिजग्राह वक्षसा ॥ २८ ॥ विषाणान्तरगो भूत्वा
पुनश्चरणमध्यगः ॥ बबाधे तं गजं कृष्णः पवनस्तोयदं यथा ॥ २९ ॥ सहस्ताग्रद्विनिष्क्रान्तो विषाणाग्राच दन्तिनः ॥ विमुक्तः पादमध्याच्च
कृष्णो द्विपमपोथयत् ॥ ३० ॥ सोऽतिकायस्तु संमूढो हन्तुं कृष्णमशक्नुवन् ॥ गजः स्वेष्वेव गात्रेषु मथ्यमानो ररास ह ॥ ३१ ॥ पपात भूमौ
जानुभ्यां दशनाभ्यां तुतोद च ॥ मदं सुस्राव रोषाच्च घर्मापाये यथा घनः ॥ ३२ ॥ कृष्णस्तु तेन नागेन क्रीडित्वा शिशुलीलया ॥ निधनाय
मतिं चक्रे कंसाद्विष्टेन चेतसा ॥ ३३ ॥ स तस्य प्रमुखे पादं कृत्वा कुम्भादनन्तरम् ॥ दोर्भ्यां विषाणमुत्पाट्य तेनैव प्राहरत्तदा ॥ ३४ ॥ स तेन
वज्रकल्पेन स्वेन दन्तेन कुञ्जरः ॥ हन्यमानः शकृन्मूत्रं मुमोचार्तो ररास ह ॥ ३५ ॥ कृष्णजर्जरितांगस्य कुञ्जरस्यार्तचेतसः ॥ कटाभ्यामति

उधर उड़ाकर पीडित करता है ॥ २९ ॥ उसी तरह श्रीकृष्णभगवान कभी उसकी सूँड़, कभी दाँतका मध्यभाग पकड़ तथा कभी उसके पैरोंके बीच घुसकर उस हाथीके साथ युद्ध करने लगे ॥३०॥ इससे भीषण आकारका वह हाथी भगवानको मारनेकी बात तो दूर रही, वह स्वयं अपने शरीरकी पीड़ासे व्यथित होकर चीत्कार करने लगा ॥३१॥ वह उसी समय घुटनोंके सहारे धरतीपर बैठ गया और बार-बार भूमिपर दन्तप्रहार करने लगा। जैसे वर्षा ऋतुमें मेघ जल बरसाते हैं, वैसे ही उसके क्रुद्ध मुखसे मदजल बहने लगा ॥ ३२ ॥ इस तरह भगवान कृष्ण कुछ देरतक उसके साथ बालक्रीड़ा करते रहे। बादमें कंसके प्रति विद्वेषवश वे उसे मार डालनेकी इच्छा करने लगे ॥३३॥ तदनुसार उन्होंने अपना एक पैर मुखपर और दूसरा पैर मस्तकपर रखकर उसके दोनों दाँत उखाड़ लिये और उन्हीं दाँतों द्वारा उसपर भीषण प्रहार करने लगे ॥ ३४ ॥ उन वज्रसदृश कठोर अपने ही दाँतोंके प्रहारसे व्याकुल होकर कुवलयापीड

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जोर-जोरसे चिल्लाने तथा मल-मूत्र त्यागने लगा ॥३५॥ भगवानके हाथों जर्जरित उस दुखी हाथीके दोनों गण्डस्थलों (कनपटियों) से बहुत अधिक रुधिर बहा ॥३६॥ तभी जैसे गरुड़ पर्वतके बिलमें घुसे हुए सर्पको पकड़कर खींच रहे हों, उसी प्रकार बलराम उसकी पूँछ पकड़कर जोरसे घसीटने लगे ॥३७॥ इस तरह भगवानने गजदन्तसे ही गजराज कुबलयापीडको अर्द्ध मृत करके उसके उद्दण्ड महावतको भी मारा ॥३८॥ तदनन्तर वह दन्तविहीन गजराज भयानक चीत्कार करता हुआ महावतके साथ मरकर वैसे ही धराशायी हो गया, जैसे इन्द्रके वज्रसे कोई पर्वत छितरा गया हो ॥ ३९ ॥ तत्पश्चात् रणमत्त कृष्ण-बलरामने तोरणके टुकड़ोंसे मार-मारकर उस हाथीके रक्षकोंको भी समाप्त कर दिया ॥ ४० ॥ उन्हें मारनेके बाद वे दोनों भाई रंगशालामें जा पहुँचे । उस समय ऐसा लग रहा था कि मानो दोनों अश्विनीकुमार स्वेच्छया स्वर्गसे भूमिपर उतर आये हों ॥ ४१ ॥ उस सभाभवनमें उपस्थित वृष्णि, भोज और अन्धक-

सुस्राव वेगवद्भूरि शोणितम् ॥ ३६ ॥ लांगूलं चास्य वेगेन निश्चकर्ष हलायुधः ॥ शैलपृष्ठार्द्धसंलीनं वैनतेय इवोरगम् ॥ ३७ ॥ तेनैव गजदन्तेन कृष्णो हत्वा तु दन्तिनम् ॥ जघानैकप्रहारेण गजारोहणमुल्बणम् ॥ ३८ ॥ आर्तनादं महत्कृत्वा विदन्तो दन्तिनां वरः ॥ पपात स-महामात्रो वज्रभिन्न इवाचलः ॥ ३९ ॥ ततस्तौ तोरणाङ्गानि प्रगृह्य रणकर्कशौ ॥ गजस्य पादरक्षांश्च जघ्नतुः पुरुषर्षभौ ॥ ४० ॥ तांश्च हत्वा विविशतुर्मध्यं रङ्गस्य तावुभौ ॥ नासत्यावश्विनौ स्वर्गादवतीर्णाविवेच्छया ॥ ४१ ॥ वृष्ण्यन्धकाश्च भोजाश्च ददृशुर्वनमालिनौ ॥ क्ष्वेडितोत्कृष्ट-नादेन वाह्वोरास्फोटितेन च ॥ सिंहनादैश्च तालैश्च हर्षयामासतुर्जनम् ॥ ४२ ॥ तौ दृष्ट्वा भोजराजस्तु विषसाद वृथामतिः ॥ पौराणामनुरागं च हर्षं चालक्ष्य भारत ॥ ४३ ॥ तं हत्वा पुण्डरीकाक्षो नदन्तं दन्तिनां वरम् ॥ अवतीर्णोऽर्णवाकारं समाजं सहपूर्वजः ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहा-भारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कुवलयापीडवधो नाम त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रविशन्तं तु वेगेन मारुतावल्गितांबरम् ॥ पूर्वजं पुरतः कृत्वा कृष्णं कमललोचनम् ॥ १ ॥ गजदन्तकृतोल्लेखं सुभु जंदेवकीसुतम् ॥ युद्धसंमर्दयोगेन मदेन रुधिरेण च ॥ २ ॥ वल्गमानं यथा सिंहं व्यूहमानं यथा घनम् ॥ बाहुशब्दप्रहारेण चालयन्तं

वंशी यादवोंने वनमाला धारण किये हुए उन दोनों कुमारोंको देखा। कृष्ण-बलरामके सिंहनाद और तालियों तथा ताल ठोंकनेके शब्द सुनकर वहाँके सबलोग हर्षित हो गये ॥४२॥ किन्तु भोजपति कंस उन बालकोंपर नागरिकोंका अनुराग देखकर बहुत दुखी हुआ ॥ ४३ ॥ इस प्रकार कमललोचन कृष्ण उस सर्वश्रेष्ठ गजराजका वध करके अपने ज्येष्ठ भ्राताके साथ उमड़ते हुए समुद्रके समान जनसंकुल सभाभवनमें जा उपस्थित हुए ४४॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

(कंसवध) वैशम्पायन बोले—महाराज ! जिस समय कृष्ण बलरामके साथ सभाभवनमें पहुँचे, तब वायुके झोंकेसे उनके वस्त्र हिल रहे थे । देरतक युद्ध करनेके कारण भगवानके हाथोंमें हाथीदाँतकी रेखा और केयूरके समान गजरुधिर तथा गजमदकी रेखा विद्यमान थी ॥ १ ॥ २ ॥ वे सिंहके समान गर्जन करते और संचरणशील मेघके समान विचर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रहे थे। उनके बाहुनिनादसे मानो धरती हिल रही थी ॥ ३ ॥ उनके हाथमें हाथीका दाँतरूपी शस्त्र विद्यमान था। इस रूपसे सभाभवनमें पहुंचे हुए कृष्णभगवानको म्लानमुख तथा क्रुद्ध उग्रसेनतनय कंसने देखा ॥ ४ ॥ भगवानके हाथमें गजदन्त अब भी था। इससे ऐसा लग रहा था कि मानो कोई एक शिखरका पवत चन्द्रमाके अर्धबिम्बसे उद्भासित हो रहा है ॥ ५ ॥ उस सभाभवनमें यद्यपि अकेले ही भगवान कृष्ण गर्जन करते हुए विचर रहे थे, किन्तु ऐसा मालूम पड़ता था कि मानो सारी सभाके लोग एक साथ कोलाहल मचा रहे हैं ॥ ६ ॥ तदनन्तर कोपसे आँखें लाल करके क्रोधी कंसने महाबली, परम पराक्रमी तथा छलपूर्वक युद्ध करनेवाले चाणूरको कृष्णके साथ एवं पर्वताकार तथा परम शठ मल्ल मुष्टिकको बलरामके साथ लड़नेका आदेश दिया ॥ ७ ॥ ८ ॥ पहलेसे ही समझे हुए चाणूरसे कंसने कहा—'सावधानीके साथ कृष्णसे युद्ध करना' ॥ ९ ॥ इस प्रकार आदेश पाते

वसुन्धराम् ॥ ३ ॥ औग्रसेनिः समालोक्य दन्तिदन्तोद्यतायुधम् ॥ कृष्णं भृशायस्तमुखः सरोषं समुदैक्षत ॥ ४ ॥ भुजासक्तेन शुशुभे गजदन्तेन केशवः ॥ चन्द्रार्द्धबिम्बसंसक्तो यथैकशिखरो गिरिः ॥ ५ ॥ वल्गमाने तु गोविन्दे स कृत्स्नो रंगसागरः ॥ जनौघप्रतिनादेन पूर्यमाण इवाबभौ ॥ ६ ॥ ततः क्रोधाभिताम्राक्षः कंसः परमकोपनम् ॥ चाणूरमादिशद्युद्धे कृष्णस्य सुमहाबलम् ॥ ७ ॥ अन्ध्रं मल्लं च निकृतिं मुष्टिकं च महाबलम् ॥ बलदेवाय सक्रोधो दिदेशाद्रिचयोपमम् ॥ ८ ॥ कंसेनापि समाज्ञप्तश्चाणूरः पूर्वमेव तु ॥ योद्धव्यं सह कृष्णेन त्वया यत्नवतेति वै ॥ ९ ॥ स रोषेण तु चाणूरः कषायीकृतलोचनः ॥ अभ्यावर्तत युद्धार्थमपां पूर्णो यथा घनः ॥ १० ॥ अवघुष्टे समाजे तु निःशब्दस्तिमिते जने ॥ यादवाः सहितास्तत्र इदं वचनमब्रुवन् ॥ ११ ॥ बाहुयुद्धमिदं रंगे सप्राश्निकमकातरम् ॥ क्रियाबलसमाज्ञातमशस्त्रं निर्मितं पुरा ॥ १२ ॥ आर्द्रश्चातिश्रमो नित्यं विनेयः कालदर्शिभिः ॥ करीषेण च मल्लस्य सततं सत्क्रिया स्मृता ॥ १३ ॥ स्थितो भूमिगतेनैव यो यथा मार्गतः स्थितः ॥ संयुज्यतश्च पर्यायः प्राश्निकैः समुदाहृतः ॥ १४ ॥ बालो वा यदि वा वृद्धो मध्यो वाऽपि कृशोऽपि वा ॥ बलस्थो वा स्थितो रंगे ज्ञेयः कक्षान्तरेण वै ॥ १५ ॥ बलतश्च क्रियातश्च बाहुयुद्धविशारदैः ॥ निपातानन्तरं किञ्चिन्न कर्त्तव्यं विजानता ॥ १६ ॥ तदिदं प्रस्तुतं रंगे युद्धं कृष्णा-

ही चाणूर रोषसे लाल नेत्र करके सजल जलधरके समान युद्धके लिए आगे बढ़ा ॥ १० ॥ नरपति कंसके आदेशानुसार जब सारी सभा स्तब्ध हो गयी तो सभी यादव एक साथ बोल उठे— ॥ ११ ॥ इस सभामें सबके समक्ष बिना किसी शस्त्रके केवल कौशलबलसे बाहुयुद्धकी व्यवस्था की गयी है ॥ १२ ॥ बीच-बीचमें मल्लोंकी थकावट दूर करनेके लिए जल तथा शरीरमें करीष (उपलोंका महीन चूर्ण) मलनेका प्रबन्ध कर दिया गया है ॥ १३ ॥ युद्धका सही निपटारा करनेके लिए ऐसी व्यवस्था की गयी है कि बैठा हुआ व्यक्ति बैठे हुए लोगों, खड़ा खड़े लोगों, बालक बालकों, मध्यावस्थावाला व्यक्ति मध्यावस्थावालों, दुर्बल दुर्बलों, वृद्ध वृद्धों तथा बलवान् बलवानोंका युद्धनिर्देशक होगा ॥ १४ ॥ १५ ॥ बल और कौशल ही इस अखाड़ेकी लड़ाईका प्रधान नियम है। इसमें जो मल्ल परास्त होकर भूमिपर गिर जायगा, उसपर फिर प्रहार न किया जा सकेगा ॥ १६ ॥ सम्प्रति कृष्ण और अन्ध्र इन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दोनोंका मल्लयुद्ध प्रस्तुत है। किन्तु कृष्ण बालक हैं और अन्ध्र (चाणूर) विशालकाय पहलवान है। अतएव हमें इस विषयमें विचार करना ही चाहिए ॥१७॥ इस प्रकार उस सभामें जब बहुत कोलाहल होने लगा, तब टहलते हुए भगवान कृष्णने कहा--॥१८॥ यद्यपि मैं बालक हूँ और चाणूर पर्वत जैसा बृहत्काय योद्धा है। फिर भी मैं इस बलवान्‌के साथ लड़नेको तैयार हो गया हूँ ॥ १९ ॥ मैं तनिक भी मल्लयुद्धके नियम न भङ्ग करूँगा। मेरे द्वारा बाहुयुद्ध करनेवाले वीरोंके सिद्धान्तकी अवहेलना नहीं होगी ॥ २० ॥ अङ्गोंमें करीषमदन, जलप्रक्षालन और मृत्तिकालेपन ये मल्लोंके स्वभावसिद्ध नियम हैं ॥ २१ ॥ रणविशारद वीरोंका कथन है कि परस्पर दो वीरोंका दूर हटना या निकट आना, बलप्रदर्शन, अङ्गादिका सञ्चालन, मर्मस्थानपर आघात न करना और कौशलप्रदर्शन, ये छ बातें मुख्य मानी गयी हैं ॥ २२ ॥ मल्लयुद्धमें किसी प्रकारका वैरभाव न होना चाहिए। किन्तु जब चाणूर वैरभावसे लड़नेके लिए उद्यत है तो मुझे इसपर प्रहार करना ही पड़ेगा। किन्तु मेरे प्रहारको भी देखकर समस्त जगत् प्रसन्न हो उठेगा ॥ २३ ॥ वीर चाणूर करूषदेशमें उत्पन्न हुआ है। अतएव

न्ध्रमल्लयोः ॥ बालः कृष्णो महानन्ध्रः कथं न स्याद्विचारणा ॥ १७ ॥ ततः किलकिलाशब्दः समाजे समवर्तत ॥ प्रावल्गत च गोविन्दो वाक्यं चेदमुवाच ह ॥ १८ ॥ अहं बालो महानन्ध्रो वपुषा पर्वतोपमः ॥ युद्धं ममानेन सह रोचते बाहुशालिना ॥ १९ ॥ युद्धव्यतिक्रमः कश्चिन्न भविष्यति मत्कृतः ॥ न ह्यहं बाहुयोधानां दूषयिष्यामि यन्मतम् ॥ २० ॥ योऽयं करीषधर्मश्च तोयधर्मश्च रंगजः ॥ कषायस्य च संसर्गः समयो ह्येष कल्पितः ॥ २१ ॥ संयमः स्थिरता शौर्यं व्यायामः सत्क्रिया बलम् ॥ रंगे च नियता सिद्धिरेतद्युद्धविदां मतम् ॥ २२ ॥ अवैरमेव यद्वयं सवैरं कर्तुमुद्यतः ॥ अत्र वै निग्रहः कार्यस्तोर्षयिष्याम्यहं जगत् ॥ २३ ॥ करूषेषु प्रसूतोऽयं चाणूरो नाम नामतः ॥ बाहुयोधी शरीरेण कर्मभिश्चारु चिन्त्यताम् ॥ २४ ॥ एतेन बहवो मल्ला निपातानन्तरं हताः ॥ रंगप्रतापकामेन मल्लमार्गश्च दूषितः ॥ २५ ॥ शस्त्रसिद्धिस्तु योधानां संग्रामे शस्त्रयोधिनाम् ॥ रंगसिद्धिस्तु मल्लानां प्रतिमल्लनिपातजा ॥ २६ ॥ रणे विजयमानस्य कीर्तिर्भवति शाश्वती ॥ हतस्यापि रणे शस्त्रैर्नाकपृष्ठं विधीयते ॥ २७ ॥ रणे ह्युभयतः सिद्धिर्हतस्येह घ्नतोऽपि वा ॥ सा हि प्राणान्तिकी यात्रा महद्भिः साधु पूजिता ॥ २८ ॥ अयं तु मार्गो बलतः क्रियातश्च विनिःसृतः ॥ मृतस्य रंगे कः स्वर्गो जायते वा कुतो रतिः ॥ २९ ॥ ये तु केचित्स्वदोषेण राज्ञः पंडितमानिनः ॥ प्रतापार्थे हता मल्ला

इसका जैसा शरीर है, उसी प्रकार इसका कार्य भी भीषण होता है ॥ २४ ॥ इसने मल्लयुद्धमें गिरे पहलवानोंपर भी प्रहार करके उन्हें मारा है। ऐसा करके इसने मल्लवृत्तिको दूषित किया है ॥२५॥ रणभूमिमें जो लोग शस्त्र लेकर लड़ते हैं, उन्हें शस्त्र द्वारा शत्रुको विदीर्ण करके ही विजय प्राप्त होती है। किन्तु जो बाहुयोधी मल्ल होते हैं, वे शत्रुको अखाड़ेमें गिराकर ही विजयी हो जाते हैं ॥ २६ ॥ संग्राममें विजय प्राप्त करके जैसे विजेताको शाश्वत कीर्ति प्राप्त होती है, उसी प्रकार युद्धमें मरनेवालोंको स्वर्गलाभ होता है ॥ २७ ॥ रणमें मरने और मारनेवाले दोनोंकी प्रशंसा होती है। इसीसे महापुरुष लोग संग्राममें मृत्युका बहुत बखान करते हैं ॥ २८ ॥ किन्तु बाहुयुद्धमें केवल बल और कौशलकी ही सराहना की जाती है: इस युद्धमें मरनेवालेको स्वर्गलाभ नहीं होता, प्रत्युत मारनेवालेकी निन्दा होती है ॥२९॥ जो बाहुयोद्धा अपनेको विज्ञ समझनेवाले राजाकी प्रभावरक्षाके लिए अपनी अनवधानतासे मारे जाते

४०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं तो उससे ऐसी योजना बनानेवाले राजाको ही पापभागी होना पड़ता है ॥ ३० ॥ हे महाराज! ऐसा कहते-कहते वनके मध्यमें स्थित दो हाथियोंके समान कृष्ण और चाणूर भिड़ गये और घोरतर युद्ध होने लगा ॥३१॥ उनमें एक दूसरेपर प्रहार करता और दूसरा उसका प्रतीकार करता था। यदि कोई नीचे गिर जाता तो वह परस्पर छाती भिड़ाकर अवरोध करता था। कभी वे परस्पर मुक्केका प्रहार करते थे और कभी दोनों पैरोंके बीच पड़कर कोई जोरोंसे चिल्लाने लगता था ॥३२॥३३॥ उन दोनोंमें कभी कोई जानुप्रदेशमें और कभी पेटमें उँगली घुसेड़ने लगता था। कभी कोई गतिविशेषसे पैर फटकारकर दूसरेको दूर फेंक देता था ॥३४॥ यद्यपि उस युद्धमें शस्त्रका उपयोग नहीं हो रहा था, फिर भी बाहुबलसे वज्रपात-सदृश ताल ठोंकनेका घोरतर शब्द सुनायी दे रहा था ॥ ३५ ॥ उस सभाके सभी दर्शक उन दोनों पहलवानोंका चीत्कार सुन अपनी-अपनी जगहसे उठकर खड़े हो गये और उनका

मल्लहन्तुर्वधो हि सः ॥ ३० ॥ एवं संजल्पतामेव ताभ्यां युद्धं सुदारुणम् ॥ उभाभ्यामभवद्घोरं वारणाभ्यां यथा वने ॥ ३१ ॥ कृतप्रतिकृतैश्चित्रैर्बाहुभिश्च सकण्टकैः ॥ सन्निपातावधूतैश्च प्रमाथोन्मथनैस्तथा ॥ ३२ ॥ तावुभावपि संश्लिष्टौ यथा शैलमयौ तथा ॥ क्षेपणैर्मुष्टिभिश्चैव वराहोद्धूतनिःस्वनैः ॥ ३३ ॥ कीलवज्रनिपातैश्च प्रसृष्टाभिस्तथैव च ॥ शलाकानखपातैः पादोद्धूतैश्च दारुणैः ॥ ३४ ॥ जानुभिश्चाश्मनिर्घोषैः शिरोभ्याश्चावघट्टितः ॥ तद्युद्धमभवद्घोरमशस्त्रं बाहुतेजसा ॥३५॥ बलप्राणेन शूराणां समाजोत्सवसन्निधौ ॥ अरज्यत जनः सर्वः सोत्क्रुष्टनिनदोत्थितः ॥ ३६ ॥ साधुवादांश्च मंचेषु घोषयन्त्यपरे जनाः ॥ ततः प्रस्विन्नवदनः कृष्णे प्रणिहितेक्षणः ॥ न्यवारयत तूर्याणि कंसः सव्येन पाणिना ॥३७॥ प्रतिषिद्धेषु तूर्येषु मृदंगादिषु तेषु वै ॥ खे संगतान्यवाद्यन्त देवतूर्याण्यनेकशः ॥ ३८ ॥ युद्ध्यमाने हृषीकेशे पुण्डरीकनिभेक्षणे ॥ स्वयमेव प्रवाद्यन्ते तूर्यघोषास्तु सर्वशः ॥ ३९ ॥ अन्तर्धानगता देवा विमानैः कामरूपिभिः ॥ चेरुर्विद्याधरैः सार्द्धं कृष्णस्य जयकाङ्क्षिणः ॥ ४० ॥ जयस्व कृष्ण चाणूरं दानवं मल्लरूपिणम् ॥ इति सप्तर्षयः सर्वे ऊचुश्चैव नभोगताः ॥४१॥ चाणूरेण चिरं कालं क्रीडित्वा देवकीसुतः ॥ बलमाहारयामास कंसस्याभावदर्शिवान् ॥ ४२ ॥ ततश्चचाल वसुधा मंचाश्चैव जुघूर्णिरे ॥ मुकुटाचापि कंसस्य पपात मणिरुत्तमः ॥ ४३ ॥ दोर्भ्यामानम्य कृष्णस्तु चाणूरं

बाहुबल देखकर आनन्द प्रकट करने लगे ॥३६॥ मञ्चोंपर बैठे हुए अन्यान्य दर्शक उन वीरोंकी बड़ाई करने लगे। उसी समय म्लानमुख कंसने कृष्णकी ओर निहारा और बायें हाथके संकेतसे सभामें बजनेवाला बाजा बन्द करा दिया ॥ ३७ ॥ तदनुसार सभाके बाजे तो बन्द हो गये, किन्तु भगवान कृष्णके समरभूमिमें अवतीण होनेके कारण आकाशमें चारों और देवताओंके बाजे बजने लगे ॥३८॥३९॥ इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले देवता तथा विद्याधरगण श्रीकृष्णकी विजयकामना करते हुए अपने-अपने विमानोंपर सवार होकर अलक्षित भावसे विचरने लगे ॥४०॥ उसी समय आकाशसे सप्तर्षिगण बोले—हे श्रीकृष्ण! तुम मल्लरूपधारी दैत्य चाणूरपर विजय प्राप्त करो ॥४१॥ इधर देवकीनन्दन कृष्णने बड़ी देरतक चाणूरके साथ खेलवाड़ करके कंसका वध करनेके लिए अपनेमें प्रचुर बलका समावेश किया ॥४२॥ उस समय पृथिवी हिलने लगी, रङ्गशालाके सभी मञ्च डगमगाने लगे और कंसके मस्तकपर विराज-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मान मुकुटका एक उत्कृष्ट मणि निकलकर नीचे गिर पड़ा ॥ ४३ ॥ उसी समय भगवान वासुदेवने अपनी दोनों भुजाओंसे आसन्नमृत्यु चाणूरको झुकाकर उसकी छातीको घुटनोंसे चाँपते हुए मस्तकपर अपने कठोर मुक्केका प्रहार किया ॥४४॥ इस आघातसे तोरणपर टँगे दो स्वर्णमय घण्टोंके समान अश्रु एवं रुधिरसे पूर्ण उसके दोनों नेत्र एकदम बाहर निकल आये ॥४५॥ इस प्रकार आँखें फूट जानेपर चाणूर मरकर गिर पड़ा। उसके पर्वताकार शरीरसे सारा अखाड़ा भर गया ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ इस तरह चाणूरके समाप्त हो जानेपर बलरामने मुष्टिकका और कृष्णने तोशलका सामना किया ॥ ४८ ॥ कालके वशीभूत वे दोनों मल्ल बड़े उत्साहके साथ जोर-जोरसे ताल ठोंकते हुए रङ्गशालामें पैतरे बदलने लगे ॥ ४९ ॥ कुछ देर बाद भगवान कृष्णने पर्वतशिखरसदृश भीषणकाय तोशलकी टाँग पकड़कर उसे सौ चक्कर घुमाया और उठाकर धरतीपर पटक दिया ॥५०॥ इस तरह श्रीकृष्णके पटकनेपर मरणोन्मुख तोशलके मुखसे

शीर्णजीवितम् ॥ प्राहरन्मुष्टिना मूर्ध्नि वक्षस्याहत्य जानुना ॥ ४४ ॥ निःसृते साश्रुरुधिरे तस्य नेत्रे सबन्धने ॥ तापनीये यथा घण्टे कक्षोपरि विलंबिते ॥ ४५ ॥ पपात स तु रंगस्य मध्ये निःसृतलोचनः ॥ चाणूरो विगतप्राणो जीवितान्ते महीतले ॥ ४६ ॥ देहेन तस्य मल्लस्य चाणूरस्य गतायुषः ॥ सन्निरुद्धो महारंगः स शैलेनेव लक्ष्यते ॥ ४७ ॥ रौहिणेयो हते तस्मिंश्चाणूरे बलदर्पिते ॥ जग्राह मुष्टिकं रंगे कृष्णस्तोशलकं पुनः ॥ ४८ ॥ सन्निपाते तु तौ मल्लौ प्रथमे क्रोधमूर्च्छितौ ॥ समेयातां रामकृष्णौ कालस्य वशवर्तिनौ ॥ ४९ ॥ निर्घातावनतो भूत्वा रंगमध्ये ववल्गतुः ॥ कृष्णस्तोशलमुद्यम्य गिरिशृंगोपमं बली ॥ भ्रामयित्वा शतगुणं निष्पिपेष महीतले ॥५०॥ तस्य कृष्णाभिपन्नस्य पीडितस्य बलीयसः ॥ मुखाद्रुधिरमत्यर्थमुज्जगाम मुमूर्षतः ॥ ५१ ॥ कंसर्षणस्तु सुचिरं योधयित्वा महाबलः ॥ अन्ध्रमल्लं महामल्लो मंडलानि व्यदर्शयत् ॥५२॥ मुष्टिनैकेन तेजस्वी साशनिस्तनयित्नुना ॥ शिरस्यभ्यहनद्वीरो वज्रेणेव महागिरिम् ॥ ५३ ॥ स निष्पतितमस्तिष्को विस्रस्तनयनो महान् ॥ पपात निहतस्तेन ततो नादो महानभूत् ॥ ५४ ॥ अन्ध्रतोशलकौ हत्वा कृष्णसंकर्षणावुभौ ॥ क्रोधसंरक्तनयनौ रंगमध्ये ववल्गतुः ॥ ५५ ॥ समाजवाटो निर्मल्लः सोऽभवद्भीमदर्शनः ॥ अन्ध्रे तदा महामल्ले मुष्टिके च निपातिते ॥ ५६ ॥ ये च संप्रेक्षका गोपा नन्दगोपपुरोगमाः ॥ भयक्षोभितसर्वांगाः सर्वे तत्रावतस्थिरे ॥ ५७ ॥ हर्षजं वारि नेत्राभ्यां वर्षमाणा प्रवेपती ॥ प्रस्रवोत्पीडिता कृष्णं देवकी समुदैक्षत ॥ ५८ ॥ कृष्णदर्शनजातेन

बहुत रुधिर बहा ॥ ५१ ॥ उधर महाबली तथा परम पराक्रमी बलराम बड़ी देरतक मुष्टिकके साथ लड़ते हुए उसे अपने दाँव-पेंच दिखाते रहे ॥ ५२ ॥ तदनन्तर जैसे इन्द्रके वज्रप्रहारसे कोई पर्वत विदीर्ण हो जाय, उसी प्रकार उन्होंने एक बड़ा ही कठोर घूँसा मारकर मुष्टिकका मस्तक चूर्ण कर दिया ॥ ५३ ॥ इससे उसका मस्तिष्क (भेजा) निकल पड़ा, गर्दन लटक गयी और आँखें निकलकर बाहर हो गयीं। उसके मरकर गिरनेपर बड़े जोरसे धमाकेका शब्द हुआ ॥५४॥ इस प्रकार कृष्ण और बलराम तोशल तथा मुष्टिकको मारकर आँखें लाल किये हुए रङ्गशालामें विचरने लगे ॥ ५५ ॥ महामल्ल मुष्टिक तथा तोशलके मर जानेपर पहलवानोंके अभावमें अखाड़ा सुनसान एवं भयानक दीखने लगा ॥५६॥ नन्द आदि जितने गोप वहाँ वह मल्लयुद्ध देख रहे थे, वे सब भयसे चकित होकर चुपचाप अपनी-अपनी जगहपर बैठे रह गये ॥५७॥ देवकीके नेत्रोंसे अविरल अश्रुधारा बह रही थी। उनका शरीर काँप रहा था और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निर्निमेष नयनोंसे भगवान कृष्णको देख रही थीं ॥५८॥ श्रीकृष्णको देखकर वसुदेवके दोनों नेत्रोंमें आँसू उमड़ आये। उन्हें ऐसा लगा कि मानों उनकी वृद्धावस्था दूर होकर पुनः तरुणाई मिल गयी है ॥५९॥ मंचपर बैठी हुई गणिकायें अपने नेत्ररूपी भ्रमरों द्वारा भगवानके मुखकमलका मधु पान करने लगीं ॥६०॥ उधर विजयी श्रीकृष्णको देखकर रोषवश कंसकी भौंहोंसे पसीना चूने लगा ॥६१॥ कंसके हृदयमें स्थित अग्नि भगवान कृष्णके कार्यकलाप देख-देखकर अबतक सुलग रही थी, सो अब कोपरूपी पवनका झोंका पाकर धधक उठी और उसके अन्तःकरणको जलाने लगी ॥६२॥ क्रोधके कारण उसके होंठ काँपने लगे और माथेसे पसीना बहने लगा। उसका मुख बालसूर्यसदृश एकदम लाल हो गया। उस लाल मुखपर पसीनेकी बूँदें छहरी रहनेके कारण ऐसा लग रहा था कि मानो वृक्षके पत्तोंपर ओसकी बूँदें पड़ी हुई हैं और उनपर सूर्यकी किरणें पड़कर उन्हें और भी चमका रही हैं ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ तदनन्तर क्रुद्ध

बाष्पेणाकुलितेक्षणा ॥ वसुदेवो जरां त्यक्त्वा स्नेहेन तरुणायते ॥५९॥ वारमुख्यश्च ताः सर्वाः कृष्णस्य मुखपंकजम् ॥ पपुर्हि नेत्रभ्रमरैर्निमेषान्तरगामिभिः ॥ ६० ॥ कंसस्याथ मुखे स्वेदो भ्रूभेदान्तरगोचरः ॥ अभवद्रोषनिर्यासः कृष्णसंदर्शनेरितः ॥ ६१ ॥ केशवाय सधूमेन रोषनिःश्वासवायुना ॥ दीप्तमन्तर्गतं तस्य हृदयं मानसाग्निना ॥ ६२ ॥ तस्य प्रस्फुरितौष्ठस्य स्विन्नालिकतलस्य वै ॥ कंसवक्त्रस्य रोषस्य रक्तसूर्यायते वपुः ॥ ६३ ॥ क्रोधरक्तान्मुखात्तस्य निःसृताः स्वेदबिन्दवः ॥ यथा रविकरस्पृष्टा वृक्षावश्यायबिन्दवः ॥ ६४ ॥ सोऽज्ञापयत संक्रुद्धः पुरुषान्व्यायतान्बहून् ॥ गोपावेतौ समाजौघान्निष्क्राम्येतां वनेचरौ ॥ ६५ ॥ न चैतौ द्रष्टुमिच्छामि विकृतौ पापदर्शनौ ॥ गोपानामपि मे राज्ये न कश्चित्स्थातुमर्हति ॥ ६६ ॥ नन्दगोपश्च दुर्मेधाः पापेष्वभिरतो मम ॥ आयसैर्निगडाकारैर्लोहपाशैर्निगृह्यताम् ॥ ६७ ॥ वसुदेवश्च दुर्वृत्तो नित्यं द्वेषकरो मम ॥ अवृद्धार्हेण दण्डेन क्षिप्रमद्यैव शास्यताम् ॥ ६८ ॥ ये चेमे प्राकृता गोपा दामोदरपरायणाः ॥ ह्रियन्तां गाव एतेषां यच्चास्ति वसु किंचन ॥ ६९ ॥ एवमाज्ञापयानं तं कंसं परुषभाषिणम् ॥ ददर्शायस्तनयनः कृष्णः सत्यपराक्रमः ॥ ७० ॥ क्षिप्ते पितरि चुक्रोध नन्दगोपे च केशवः ॥ ज्ञातीनां च व्यथां दृष्ट्वा विसंज्ञां चैव देवकीम् ॥ ७१ ॥ स सिंह इव वेगेन केशवो जातविक्रमः ॥ आरुरुक्षुर्महाबाहुः कंसनाशार्थमच्युतः ॥ ७२ ॥

कंसने भीषण आकारवाले सिपाहियोंको बुलाकर आज्ञा दी कि इन दोनों जङ्गली गोपबालकोंको इस सभासे बाहर निकाल दो ॥ ६५ ॥ मैं इन दुरात्मा गोपोंका विकृत मुँह नहीं देखना चाहता। आजसे मेरे राज्यमें कोई गोप नहीं रह सकेगा ॥६६॥ मेरा अनिष्ट चाहनेवाले नन्दगोपको पकड़ लो और इसके पैरोंमें लोहेकी बेड़ी डालकर जेलमें बन्द कर दो ॥६७॥ यह दुराचारी वसुदेव भी सदा मेरा अनभल चाहता रहता है। सो इसे भी पकड़कर बहुत कठोर दण्ड दो ॥ ६८ ॥ कृष्णके आश्रित जितने भी साधारण ग्वाले हैं, उनकी गौवें और सारी सम्पत्ति लूट लो ॥ ६९ ॥ जब कंस इस प्रकारकी कटूक्तियोंका प्रयोग करता हुआ सिपाहियोंको आज्ञा दे रहा था, तब सत्यपराक्रम कृष्ण भगवान अपने दोनों नेत्रोंको विशाल करके बारम्बार उसकी ओर निहार रहे थे ॥ ७० ॥ इस प्रकार जब उन्होंने पिता वसुदेव तथा नन्द गोपको तिरस्कृत, जातिबन्धुओंको व्यथित और माता देवकीको संज्ञाशून्य स्थितिमें देख,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तब भगवानकृष्णका क्रोध भड़क उठा ॥ ७१ ॥ महाबाहु और सिंहके सदृश बलवान् कृष्ण बड़े वेगसे कंसका विनाश करनेको उद्यत हो गये ॥ ७२ ॥ जिस तरह आकाशमें स्थित कोई महामेघ वायुसे प्रेरित होकर वेगसे उड़ने लगता है, उसी प्रकार भगवान कृष्ण त्वरित गतिसे रङ्गशालासे उछले और कंसके समीप जा पहुँचे ॥ ७३ ॥ वहाँ उपस्थित लोगोंने उन्हें उछलते समय नहीं देख पाया। बल्कि जब वे कंसके पास पहुँच गये, तभी देखा ॥ ७४ ॥ कंसने भी काल-प्रेरित होकर व्याकुल हृदयमें सोचा कि मानो श्रीविष्णुभगवान स्वयं आकाशसे उतर आये हैं ॥७५॥ तदनन्तर श्रीकृष्णने परिघके समान भुजा फैलाकर उस यज्ञसभामें ही कंसके केश पकड़कर खींचा ॥७६॥ इस तरह खींचते ही उसके मस्तकसे हीरकजटित स्वर्णमुकुट गिर पड़ा ॥ ७७ ॥ केशोंके खींचनेसे ही कंस निश्चेष्ट, नितान्त विमूढ़, विह्वल और मरणासन्न होकर लम्बी-लम्बी साँस लेने लगा। उस समय वह कृष्णके मुखकी ओर निहार भी नहीं सका

रङ्गमध्यादुत्पपात कृष्णः कंसासनान्तिकम् ॥ असज्जद्वायुनाक्षिप्तो यथा खस्थो घनाघनः ॥ ७३ ॥ ददृशुर्न हि तं सर्वे रङ्गमध्यादवप्लुतम् ॥ केवलं कंसपार्श्वस्थं ददृशुः पुरवासिनः ॥ ७४ ॥ सोऽपि कंसस्तथाऽऽयस्तः परीतः कालधर्मणा ॥ आकाशादिव गोविन्दं मेने तत्रागतं प्रभुम् ॥७५॥ स कृष्णेनायतं कृत्वा बाहुं परिघसन्निभम् ॥ मूर्द्धजेषु परामृष्टः कंसो वै रङ्गसंसदि ॥७६॥ मुकुटश्चापतत्तस्य काञ्चनो वज्रभूषितः ॥ शिरसस्तस्य कृष्णेन परामृष्टस्य पाणिना ॥ ७७ ॥ स हस्तग्रस्तकेशश्च कंसो निर्यत्नतां गतः ॥ तथैव च विसंमूढो वैकल्यं समपद्यत ॥ ७८ ॥ निगृहीतश्च केशेषु गतासुरिव निःश्वसन् ॥ न शशाक मुखं द्रष्टुं कंसः कृष्णस्य वै तदा ॥ ७९ ॥ विकुण्डलाभ्यां कर्णाभ्यां छिन्नहारेण वक्षसा ॥ प्रलम्बाभ्यां च बाहुभ्यां गात्रैर्विसृतभूषणैः ॥ ८० ॥ भ्रंशितेनोत्तरीयेण सहसावलिताननः ॥ चेष्टमानः समाक्षिप्तः कंसः कार्ष्णेन तेजसा ॥ ८१ ॥ चकर्ष च महारंगे मञ्चान्निष्क्रम्य केशवः ॥ केशेषु तं बलाद्गृह्य कंसं क्लेशार्हतां गतम् ॥ ८२ ॥ कृष्यमाणः स कृष्णेन भोजराजो महाद्युतिः ॥ समाजवाटे परिखां देहकृष्टां चकार ह ॥ ८३ ॥ समाजवाटे क्रीडित्वा विकृष्य च गतायुषम् ॥ कृष्णो विसर्जयामास कंसदेहमदूरतः ॥ ८४ ॥ धरण्यां मृदितः शिश्ये तस्य देहः सुखोचितः ॥ क्रमेण विपरीतेन पांसुभिः परुषीकृतः ॥ ८५ ॥ तस्य तद्वदनं श्यामं सुप्ताक्षं मुकुटं विना ॥ न विभाति विपर्यस्तं विपलाशं यथाऽम्बुजम् ॥ ८६ ॥ असंग्रामहतः कंसः स बाणैरपरिक्षतः ॥ केशग्राहान्निरस्तासुर्वीरमार्गान्निराकृतः ॥ ८७ ॥

॥ ७८ ॥ ७९ ॥ उसके कान कुण्डलशून्य, वक्षःस्थल हारशून्य सब तथा अङ्ग भूषणशून्य हो गये और उसकी दोनों भुजायें नीचे लटक गयीं ॥८०॥ इसी समय भगवानने उसके गलेमें दुपट्टा डालकर मंचसे नीचे खींच लिया और पकड़कर उसी रङ्गशालामें घसीटने लगे ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ इस प्रकार उसका शरीर घसीटे जानेपर रङ्गशालामें परिखा जैसी रेखा खिंच गयी ॥ ८३ ॥ वसुदेवनन्दन श्रीकृष्णने कुछ देर इस प्रकार खेलवाड़ करते हुए ही कंसको मार डाला और उसका शरीर पास ही फेंक दिया ॥ ८४ ॥ राजा कंसका सुखोंमें पला हुआ शरीर वीरजननिन्दित कार्योंको करनेके कारण आज धूलमें लिपटकर पड़ा हुआ था ॥ ८५ ॥ मुकुटविहीन तथा मुँदी आँखोंवाला कंसका श्याम मुख पंखुड़ियोंसे विहीन कमलके समान नितान्त निस्तेज दीख रहा था ॥८६॥ युद्ध नहीं हुआ और कंसके शरीरमें बाणका एक भी घाव कहीं नहीं लगा था। केश पकड़कर घसीटनेसे ही वह वीरोंकी जमातसे बहिष्कृत हो गया ॥८७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहसा कंसके शरीरमें उसके जीवनहारी भगवान् कृष्णके नखचिह्न दिखायी देने लगे ॥ ८८ ॥ कंसके विनाशजनित हर्षसे भगवान कृष्णके शरीरकी कान्ति द्विगुणित हो गयी । इस प्रकार निष्कण्टक होकर उन्होंने पिता वसुदेव तथा माता देवकीकी चरणवन्दना की । उस समय स्नेहातिरेकके कारण देवकीके नेत्रोंसे आनन्दके आँसू बह-बहकर भगवानके मस्तकपर टपकने लगे ॥८९॥९०॥ तब भगवान कृष्ण और भी अधिक तेजस्वी होकर ज्येष्ठ-लघुक्रमसे वहाँ उपस्थित सब गोपोंके पास जा-जाकर उनका कुशल-क्षेम पूछने लगे ॥९१॥ इसी समय धर्मात्मा श्रीबलदेवजीने अपने बाहुबलसे कंसके भ्राता महाबली और परम पराक्रमी सुनामाका संहार कर दिया ॥ ९२ ॥ इस प्रकार चिरकालसे वियुक्त रहनेवाले कृष्ण और बलराम शत्रुको पराजित करके प्रसन्नतापूर्वक अपने पिता वसुदेवके भवनमें गये ॥ ९३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामेकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

तस्य देहे प्रकाशन्ते सहसा केशवार्पिताः ॥ मांसच्छेदघनाः सर्वे नखाग्रा जीवितच्छिदः ॥ ८८ ॥ तं हत्वा पुण्डरीकाक्षः प्रहर्षाद्द्विगुणप्रभः ॥ ववन्दे वसुदेवस्य पादौ निहतकण्टकः ॥ ८९ ॥ मातुश्च शिरसा पादौ निपीड्य यदुनन्दनः ॥ साऽसिञ्चत्प्रस्रवोत्पीडैः कृष्णमानन्दनिःसृतैः ॥ ९० ॥ यादवांश्चैव तान्सर्वान् यथास्थानं यथावयः ॥ पप्रच्छ कुशलं कृष्णो दीप्यमानः स्वतेजसा ॥ ९१ ॥ बलदेवोऽपि धर्मात्मा कंसभ्रातरमूर्जितम् ॥ बाहुभ्यामेव तरसा सुनामानमपोथयत् ॥ ९२ ॥ तौ जितारी जितक्रोधौ चिरविप्रोषितौ व्रजे ॥ स्वपितुर्भवनं वीरौ जग्मतुर्हृष्टमानसौ ॥ ९३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कंसवधो नामैकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ भर्तारं पतितं दृष्ट्वा क्षीणपुण्यमिव ग्रहम् ॥ कंसपत्न्यो हतं कंसं समन्तात्पर्यवारयन् ॥ १ ॥ तं महीशयने सुप्तं क्षितिनाथं गतायुषम् ॥ भार्याः स्म दृष्ट्वा शोचन्ति मृग्यो मृगपतिं यथा ॥ २ ॥ हा हताः स्म महाबाहो सहसा गतबान्धवाः ॥ वीरपत्न्यो हते वीर त्वयि वीरव्रतप्रिये ॥ ३ ॥ इमामवस्थां पश्यन्त्यः पश्चिमां तव नैष्ठिकीम् ॥ कृपणं राजशार्दूल विलपामः सबान्धवाः ॥ ४ ॥ छिन्नमूलाः स्म संवृत्ताः परित्यक्तास्त्वया विभो ॥ त्वयि पंचत्वमापन्ने नाथेऽस्माकं महाबले ॥ ५ ॥ को नः कोपपरीताङ्गी रतिसंसर्गलालसाः ॥ लता इव

(कंसकी स्त्रियोंका विलाप) वैशम्पायन बोले—महाराज ! इसके बाद कंसकी पत्नियोंने क्षीणपुण्य ग्रहके समान धरतीपर पड़े अपने स्वामी कंसको चारों ओरसे घेर लिया ॥१॥ मरकर पृथिवीकी शय्यापर सोये हुए पृथिवीपति कंसको देखकर वे इस प्रकार रुदन करने लगीं, जैसे मृगियाँ अपने पतिको मृत देखकर रुदन कर रही हों ॥ २ ॥ वे कहने लगीं—हाय ! हम सब असमय मारी गयीं । हाय नाथ ! वीरव्रतमें तुम्हारी सबसे अधिक आस्था थी । आज तुम्हारे मर जानेसे तुम्हारी स्त्रियाँ एकदम हताश और बान्धवहीन होकर असहाय हो गयी हैं ॥३॥ हे राजशार्दूल ! इस समय तुम्हारी यह अवस्था देखकर हम पत्नियाँ अपने बन्धु-बान्धवोंके साथ विलाप कर रही हैं ॥४॥ हे विभो ! आज स्वर्गवासी होकर तुम्हारे त्याग देनेके कारण हम छिन्नमूल हो गयी हैं ॥ ५ ॥ रतिकी लालसासे प्रणयकोप दिखाती हुई हम जब लताओंकी तरह अङ्गचेष्टा प्रदर्शित करने लगेंगी तो अब कौन हमें पकड़कर अपनी सेजपर खींच

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लेगा ॥६॥ जलशून्य कमलके समान सुगन्धित साँसयुक्त तुम्हारा कमनीय मुखकमल आज सूर्यकी किरणोंसे झुलस रहा है। यह क्या तुम्हारे लिए उचित है ? ॥७॥ हाय नाथ ! कानोंमें कुण्डल धारण करना तुम्हें विशेष भाता था, किन्तु आज कन्धोंके बीच छिपे हुए तुम्हारे कुण्डलविहीन दोनों कान श्रीहीन हो गये हैं ॥८॥ सूर्यसदृश तेजस्वी जो मुकुट तुम्हारे मस्तककी शोभा बढ़ाता था, सो आज वह विविध-रत्न-विभूषित मुकुट कहाँ चला गया ? ॥ ९ ॥ तुम्हारे जीवनकालमें तुम्हारी जो पत्नियाँ अन्तःपुरकी शोभा बढ़ाती थीं, वे दुखियायें अब तुमसे बिछुड़कर क्या करेंगी ? ॥ १० ॥ पतिव्रता स्त्रियोंके लिए तो उसका स्वामी ही सब सुखोंका साधन होता है। इसी कारण स्वामी कभी भी अपनी साध्वी स्त्रीको नहीं त्यागता। तब तुम किस कारण हमें सदाके लिए त्याग रहे हो ? ॥ ११ ॥ हाय ! कालका भी कितना आश्चर्यजनक प्रभाव है। तुम अपने शत्रुओंके काल थे, किन्तु उस कालने आज तुम्हारा ही संहार कर डाला ॥ १२ ॥ हमने कभी कोई दुख नहीं भोगा था। तुम्हारा अवलम्ब पाकर हमने चिरकाल तक सुख भोग किया। अब विधवा होकर हम दुःख कैसे भोगेंगी ! ॥ १३ ॥ पतिव्रता

विचेष्टन्तीः शयनीयानि नेष्यति ॥ ६ ॥ इदं ते सदृशं सौम्य हृद्यनिःश्वासमारुतम् ॥ दहत्यर्को मुखं कान्तं निस्तोयमिव पङ्कजम् ॥ ७ ॥ इमे ते श्रवणे शून्ये न शोभेते विकुण्डले ॥ शिरोधरायां संलीने सततं कुण्डलप्रिये ॥ ८ ॥ क्व ते स मुकुटो वीर सर्वरत्नविभूषितः ॥ अत्यर्थं शिरसो लक्ष्मीं यो दधारार्कसप्रभाम् ॥ ९ ॥ अनेन हि कलत्रेण तवान्तःपुरशोभिना ॥ कथं दीनेन कर्त्तव्यं त्वयि लोकान्तरं गते ॥ १० ॥ ननु नाम स्त्रियः साध्व्यः प्रियभोगेष्ववञ्चिताः ॥ पतीनामपरित्याज्याः स त्वं नस्त्यज्य गच्छसि ॥ ११ ॥ अहो कालो महावीर्यो येन पर्यायकर्मणा ॥ कालतुल्यः सपत्नानां त्वं क्षिप्रमपनीयसे ॥ १२ ॥ वयं दुःखेष्वनुचिताः सुखेष्वेव त्वयैधिताः ॥ कथं वत्स्याम विधवा नाथ कार्पण्यमाश्रिताः ॥ १३ ॥ स्त्रीणां चारित्रलुब्धानां पतिरेकः परा गतिः ॥ त्वं हि नः सा गतिश्छिन्ना कृतान्तेन बलीयसा ॥ १४ ॥ वैधव्येनाभिभूताः स्मः शोकसंतप्तमानसाः ॥ रोदितव्यह्रदे मग्नाः क्व गच्छामस्त्वया विना ॥ १५ ॥ सह त्वया गतः कालस्त्वदङ्के क्रीडितं कृतम् ॥ क्षणेन त्वद्विहीनाः स्म अनित्या हि नृणां गतिः ॥ १६ ॥ अहो बलविपन्नाः स्म विपन्ने त्वयि मानद ॥ एकदुष्कृतकारिण्यः सर्वा वैधव्यलक्षणाः ॥ १७ ॥ त्वया स्वर्गप्रतिच्छन्दैर्लालिताः स्म रतिप्रियाः ॥ त्वयि कामवशाः सर्वाः स नस्त्यज्य क्व गच्छसि ॥ १८ ॥ अस्माकं त्वमनाथानां नाथो ह्यसि सुरोपम ॥

स्त्रियोंके लिए पति ही एकमात्र सहारा होता है। तदनुसार तुम्हीं हमारे एकमात्र अवलम्ब थे। किन्तु बलवान् कालने हमारा वह सहारा भी छीन लिया ॥ १४ ॥ इस समय हमपर वैधव्य दशाने आक्रमण कर दिया है। शोकाग्नि निरन्तर अन्तर्दाह कर रही है। हाय ! संसारके सभी जीवोंको कालके वशमें रहना पड़ता है। अब हम रोदन करनेके सिवाय और कर ही क्या सकती हैं ? तुमसे बिछुड़कर हम भला कहाँ जायँगी ? ॥ १५ ॥ काल जिस प्रकार तुम्हारे साथ चला गया, उसी प्रकार हमारी हँसी-खुशी भी तुम्हारे साथ ही चली गयी। अहो ! मनुष्यका शरीर कितना अनित्य है। इस अनित्यताके कारण ही तो हमने क्षणभरमें तुम्हें खो दिया ॥१६॥ सहसा ऐसी घटना घट जानेसे हम एकाएक महान् विपत्तिसागरमें डूब गयीं। जिन स्त्रियोंपर वैधव्यदशा आती है, वे सभीके सामने अपराधिनी होती हैं ॥ १७ ॥ तुमने स्वर्गसे भी अधिक सुख देकर हमारी रक्षा की है और हम सब भी एकमात्र तुम्हींपर अनुरक्त थीं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सो अब हमें छोड़कर तुम कहाँ जाओगे ? ॥ १८ ॥ हे सुरोपम ! हम अनाथा हैं और तुम हमारे नाथ हो। हम सब कुररीकी तरह विलाप कर रही हैं। हे पृथिवीनाथ ! एक बार तो हमको उत्तर दो ॥ १९ ॥ हम तुम्हारे समक्ष कातरता प्रकट करती हैं। ऐसी स्थितिमें तुम्हारा जाना नितान्त निर्दय कार्य है ॥ २० ॥ हे कान्त ! जब कि तुम हमको त्यागकर जा रहे हो तो यह निश्चित ज्ञान पड़ता है कि परलोकमें हमसे भी अधिक प्रिय स्त्रियाँ होंगी ॥ २१ ॥ हे वीर ! तुम्हारी इतनी स्त्रियाँ आर्तस्वरमें रुदन कर रही हैं। फिर भी तुम चैतन्य नहीं होते। इससे ज्ञात होता है कि तुम्हारे हृदयमें दयाका लेश भी नहीं है ॥ २२ ॥ हाय ! मनुष्योंकी परलोकयात्रा कठोर होती है। वे यात्राकालमें एक बात भी न करके अपनी पत्नियोंको यों ही छोड़कर चले जाते हैं ॥२३॥ वीर पति पानेकी अपेक्षा स्त्रियोंका पति न पाना ही अच्छा होता है। क्योंकि वीरलोग स्वर्गकी स्त्रियोंको और स्वर्गकी स्त्रियाँ वीर पुरुषोंको प्रिय

आसां विलपमानानां कुररीणामिव प्रभो ॥ प्रतिवाक्यं जगन्नाथ दातुमर्हसि मानद ॥ १९ ॥ एवमातंकलत्रस्य शाम्यमानेषु बन्धुषु ॥ गमनं ते महाभाग दारुणं प्रतिभाति नः ॥ २० ॥ नूनं कान्ततरः कान्त परलोके वरस्त्रियः ॥ यतस्त्वं प्रस्थितो वीर विहायेमं गृहे जनम् ॥ २१ ॥ किं नु ते कारणं वीर भार्यास्वेतासु भूरिद ॥ आर्तनादं रुदन्तीषु यन्मोहान्नावबुध्यसे ॥ २२ ॥ अहो निष्करुणा यात्रा नराणामौर्ध्वदेहिकी ॥ यत्परि-त्यज्य दारान्स्वान्निरपेक्षा व्रजन्ति हि ॥ २३ ॥ अपतित्वं स्त्रियाः श्रेयो न तु शूरः पतिः स्त्रियाः ॥ स्वर्गस्त्रीणां प्रियाः शूरास्तेषामपि च ताः प्रियाः ॥ २४ ॥ अहो क्षिप्रमदृश्येन नयता त्वां रणप्रियम् ॥ प्रहृतं नः कृतान्तेन सर्वासामन्तरात्मसु ॥ २५ ॥ हत्वा जरासन्धबलं जित्वा यक्षांश्च संयुगे ॥ कथं मानुषमात्रेण हतस्त्वं जगतीतले ॥ २६ ॥ इन्द्रेण सह संग्रामं कृत्वा सायकविग्रहम् ॥ अमर्त्यैरजितो युद्धे मर्त्येनासि कथं हतः ॥ २७ ॥ त्वया सागरमक्षोभ्यं विक्षोभ्य शरवृष्टिभिः ॥ रत्नसर्वस्वहरणं जित्वा पाशधरं कृतम् ॥ २८ ॥ त्वया पौरजनस्यार्थे मन्दं वर्षति वासवे ॥ सायकैर्जलदाञ्जित्वा बलाद्वर्षं प्रवर्तितम् ॥ २९ ॥ प्रतापावनताः सर्वे तत्र तिष्ठन्ति पार्थिवाः ॥ प्रेषयन्तो वरार्हाणि रत्नान्याच्छादनानि च ॥ ३० ॥ तवैवं देवकल्पस्य दृष्टवीर्यस्य शत्रुभिः ॥ कथंप्राणान्तकं घोरमीदृशं भयमागतम् ॥ ३१ ॥ प्राप्ताः स्मो विधवाशब्दं त्वयि नाथे निपातिते ॥

होती हैं ॥२४॥ हाय ! निष्ठुर कालने अदृश्यभावसे तुम्हें छीनकर एकाएक हमारे मर्मपर निर्दय प्रहार किया है ॥२५॥ संग्रामभूमिमें तुमने जरासन्ध तथा यक्षोंको पराजित किया था। फिर अब तुम एक सामान्य मनुष्यके द्वारा क्यों मारे गये ॥२६॥ तुमने इन्द्रके साथ संग्राम किया था। देवता भी तुम्हें पराजित नहीं कर सकते थे। किन्तु इस समय तुम एक साधारण मनुष्यके हाथों क्यों मर गये ? ॥ २७ ॥ तुमने अपनी बाणवर्षासे अगाध समुद्रको विक्षुब्ध करके वरुणदेवके सब रत्न छीन लिये थे ॥ २८ ॥ देवराज इन्द्र यदि कभी प्रजाजनके समक्ष अनावृष्टि उपस्थित कर देते थे तो तुम अपनी अविरल बाणवर्षासे मेघोंको भेदकर बलपूर्वक वर्षा करा लेते थे ॥२९॥ पृथिवीमण्डलके सभी राजे तुम्हारे प्रतापसे परिचित हो गये थे। इसी कारण वे उत्तम रत्न तथा उत्कृष्ट वस्त्र ला-लाकर तुम्हें दिया करते थे ॥३०॥ तुम देवतुल्य सुन्दर थे। शत्रुओंमें कोई भी ऐसा नहीं था कि जो तुम्हारे प्रभावसे अपरिचित रहा हो। फिर तुमपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार प्राणनाशिनी विपत्ति क्योंकर आ उपस्थित हुई ? ॥ ३१ ॥ हाय नाथ ! तुम्हारे मर जानेपर आजसे हम विधवा कहलायेंगी । प्रमत्त कालने हमको असहाय बना दिया ॥३२॥ हे नाथ ! यदि तुम्हें जाना ही था और हमको एकदम भूल गये थे तो 'मैं जा रहा हूँ' इतनी बात कहनेमें भी क्या विशेष परिश्रम करना पड़ता ? हे प्रभो ! हम भयभीत स्त्रियाँ तुम्हारे पैरों पड़ रही हैं । तुम इतनी लम्बी यात्राका विचार त्याग दो ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ हे वीर ! तुम इस तरह धूल और तिनकोंमें पड़े क्यों सो रहे हो ? ऐसा करनेसे तुम्हारे शरीरको कष्ट नहीं होता ? ॥३५॥ हाय ! किसने हठात् हमपर इतना भयानक प्रहार कर दिया ? ॥३६॥ रो-रोकर कष्ट सहना ही नारीजातिका स्वभाव है । अथवा हमको रोनेकी क्या आवश्यकता ? हमें तो तुम्हारे साथ सती होना है ॥ ३७ ॥ हे महाराज ! इसी समय नितान्त दीन और कम्पितशरीर कंसकी माता 'मेरा बच्चा कहाँ है ?' ऐसा कहती और जोर-जोरसे

अप्रमत्ताः प्रमत्तेन कृतान्तेन निराकृताः ॥ ३२ ॥ यद्येवं नाथ गन्तव्यं यदि वा विस्मृता वयम् ॥ वाङ्मात्रेणापि यामीति वक्तव्ये कः परिश्रमः ॥३३॥ प्रसीद नाथ भीताः स्म पादौ ते याम मूर्द्धभिः ॥ अलं दूरप्रवासेन निवर्तस्व नराधिप ॥ ३४ ॥ अहो वीर कथं शेषे निषण्णस्तृणपांसुषु ॥ शयानस्य हि ते भूमौ कस्मान्नोद्विजते वपुः ॥ ३५ ॥ केन सुप्तप्रहारोऽयं दत्तोऽस्माकमतर्कितः ॥ प्रदत्तं केन सर्वासु नारीष्वेवं सुदारुणम् ॥ ३६ ॥ रुदितानुशयो नार्या जीवन्त्याः परिदेवनम् ॥ किं वयं सति गन्तव्ये सह भर्त्रा रुदामहे ॥ ३७ ॥ एतस्मिन्नन्तरे दीना कंसमाता प्रवेपती ॥ क्व मे वत्सः क्व मे पुत्र इति रोरूयती भृशम् ॥ ३८ ॥ साऽपश्यन्निहतं पुत्रं निष्प्रभं शशिनं यथा ॥ हृदयेन विदीर्णेन भ्राम्यमाणा पुनः पुनः ॥३९॥ पुत्रं समभिवीक्षन्ती हा हताऽस्मीति वाशती ॥ स्नुषाणामार्तनादेन विललाप रुरोद च ॥ ४० ॥ सा तस्य वदनं दीनमुत्सङ्गे पुत्रगृद्धिनी ॥ कृत्वा पुत्रेति कारुण्यं विललापार्तया गिरा ॥ ४१ ॥ पुत्र शूरव्रते युक्त ज्ञातीनां नन्दिवर्द्धन ॥ किमिदं त्वरितं वत्स प्रस्थानं कृतवानसि ॥ ४२ ॥ प्रसुप्तश्चातिविवृते किं पुत्र नियमं विना ॥ वत्स नैवंविधा भूमौ शेरते कृतलक्षणाः ॥ ४३ ॥ रावणेन पुरा गीतः श्लोकोऽयं साधुसम्मतः ॥ बलज्येष्ठेन लोकेषु राक्षसानां समागमे ॥ ४४ ॥ एवमूर्जितवीर्यस्य मम देवनिघातिनः ॥ बान्धवेभ्यो भयं घोरं दुर्निवार्यं भविष्यति ॥ ४५ ॥ तथैव

रोती हुई वहाँ जा पहुँची । पहुँचते ही उसने देखा कि प्रभाहीन चन्द्रमाके समान निष्प्रभ उसका पुत्र मरा पड़ा हुआ है । यह देखकर उसका हृदय विदीर्ण हो गया और वह चक्कर खाकर गिर पड़ी ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ वह पुत्रका मुँह निहारती और 'हाय पुत्र ! मैं मर गयी' ऐसा कहती हुई हुई अपनी पतोहुओंके साथ चीत्कार करके रुदन करने लगी ॥४०॥ उसने अपने मृत पुत्रका मस्तक गोदमें रख लिया और 'हाय पुत्र !' कहकर बड़े जोरसे रोने लगी ॥ ४१ ॥ उसने कहा—वत्स ! तुम तो वीरव्रतमें दीक्षित होकर अपने बन्धु-बान्धवोंको आनन्दित किया करते थे । तब तुम इतनी जल्दी इस लोकसे परलोक प्रस्थान क्यों कर गये ? ॥४२॥ पुत्र ! तुम इस खाली जमीनपर अनियमितरूपसे क्यों पड़े सो रहे हो ? तुम्हारे जैसे भगवानतो कभी भी इस प्रकार भूमिपर नहीं सोते ॥४३॥ समस्त भूमण्डलमें अद्वितीय बलवान् रावणने राक्षसोंकी सभामें कहा था—॥४४॥ मेरे प्रबल प्रतापके आगे देवता भी परास्त हो गये थे, किन्तु

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फिर भी अपने ज्ञातिबन्धुओंसे जो खतरा है, वह अनिवार्य है ॥ ४५ ॥ सो मेरे बुद्धिमान् पुत्रपर भी वही ज्ञातिभय आ उपस्थित हुआ। अपने जातीय बान्धवों द्वारा मेरे पुत्रपर इस प्रकार प्राणनाशक तथा भयानक विपत्ति आ गयी ॥ ४६ ॥ ऐसा कहकर वह विवत्सा हरिणीके समान रोदन करती हुई अपने दुखी पति उग्रसेनको सम्बोधित करके बोली—॥ ४७ ॥ राजन्! आइए-आइए, देखिए-आपका जननायक पुत्र वज्राहत पर्वतके समान वीरशय्यापर पड़ा सो रहा है ॥ ४८ ॥ अब हमें यमराजके घर गये हुए अपने पुत्रके लिए समुचित रीतिसे प्रेतकृत्य करना होगा ॥ ४९ ॥ यदि वसुन्धरा वीरभोग्या होती है तो हम लोग भी पराजित हो गये। अब मृत पुत्रका संस्कार करनेके लिए आप जाकर एक बार श्रीकृष्णसे मिलिए और उनसे कहिए—॥ ५० ॥ प्रत्येक मनुष्यका मरणपर्यन्त ही वैरभाव रहता है। जब इसका प्राणान्त हो गया तो वैरभाव स्वतः शान्त हो गया होगा। अब चलकर प्रेतकृत्य समाप्त करिए। क्योंकि कंसके मृत शरीरने तो आपका कुछ नहीं बिगाड़ा है ॥ ५१ ॥ हे महाराज! पतिसे ऐसा कहकर वह कंसजननी अपने केश नोचती हुई दुःखित चित्तसे पुत्रका मुख

ज्ञातिलुब्धस्य मम पुत्रस्य धीमतः ॥ ज्ञातिभ्यो भयमुत्पन्नं शरीरान्तकरं महत् ॥ ४६ ॥ सा पतिं भूपतिं वृद्धमुग्रसेनं विचेतसम् ॥ उवाच रुदती वाक्यं विवत्सा हरिणी यथा ॥ ४७ ॥ एह्येहि राजञ्छुद्धात्मन्पश्य पुत्रं जनेश्वरम् ॥ शयानं वीरशयने वज्राहतमिवाचलम् ॥ ४८ ॥ अस्य कुर्मो महाराज निर्याणसदृशीं क्रियाम् ॥ प्रेतत्वमुपपन्नस्य गतस्य यमसादनम् ॥ ४९ ॥ वीरभोग्यानि राज्यानि वयं चापि पराजिताः ॥ गच्छ विज्ञाप्यतां कृष्णः कंससत्कारकारणात् ॥ ५० ॥ मरणान्तानि वैराणि शान्ते शांतिर्भविष्यति ॥ प्रेतकार्याणि कार्याणि मृतः किमपराध्यते ॥ ५१ ॥ एवमुक्त्वा पतिं भोजं केशानारुज्य दुःखिता ॥ पुत्रस्य मुखमीक्षन्ती विललापैव सा भृशम् ॥ ५२ ॥ इमास्ते किं करिष्यन्ति भार्या राजन्सुखोषिताः ॥ त्वां पतिं सुपतिं प्राप्य या विपन्नमनोरथाः ॥ ५३ ॥ इमं ते पितरं वृद्धं कृष्णस्य वशवर्तिनम् ॥ कथं द्रक्ष्यामि शुष्यन्तं कासारसलिलं यथा ॥ ५४ ॥ अहं ते जननी पुत्र किमर्थं नाभिभाषसे ॥ प्रस्थितो दीर्घमध्वानं परित्यज्य प्रियं जनम् ॥ ५५ ॥ अहो वीराल्पभाग्यायाः कृतान्तेनाभिवर्तिना ॥ आच्छिद्य मम संदायो नीयसे नयकोविदः ॥ ५६ ॥ दानमानगृहीतानि तुष्टान्येतानि तैर्गुणैः ॥ रुदन्ति तव भृत्यानां कुलानि कुलयूथप ॥ ५७ ॥ उत्तिष्ठ नरशार्दूल दीर्घबाहो महाबल ॥ त्राहि दीनं जनं सर्वं पुरमन्तःपुरं यथा ॥ ५८ ॥ रुदतीनां भृशार्तानां कंसस्त्रीणां सुवि-

देखकर विलाप करने और कहने लगी—॥ ५२ ॥ हे नरनाथ! तुम्हारी इन भार्याओंने तुम्हारे जैसा समर्थ पति पाकर चिरकालतक सुखके साथ जीवन-यापन किया था। अब ये सब भग्नमनोरथ होकर कैसे कालक्षेप करेंगी ॥ ? ॥ ५३ ॥ तुम्हारे वृद्ध पिता अब कृष्णके वशवर्ती होकर सरोवरके जलकी तरह दिन-दिन सूखेंगे। ऐसी स्थितिमें मैं उन्हें कैसे देखूँगी ॥ ५४ ॥ हे पुत्र! मैं तुम्हारी माता हूँ। तुमने अपने सभी प्रियजनोंको छोड़कर एकाएक इतनी लम्बी यात्रा कर दी और मुझसे अब एक बात भी नहीं करते ? ॥ ५५ ॥ मैं बड़ी अभागिन हूँ। तभी तो अनिवार्य काल तुमको मेरे पाससे छीन ले गया ॥ ५६ ॥ हे वत्स! ये भृत्यगण तुम्हारे दान-मान आदि विविध गुणोंसे सन्तुष्ट थे। अब ये सब तुम्हारे लिए रो रहे हैं ॥ ५७ ॥ हे नरशार्दूल! हे महाबाहो कंस! तुम एक बार उठकर समस्त पुरवासियों तथा अन्तःपुरकी नारियोंकी रक्षा करो ॥ ५८ ॥ हे महाराज! कंसकी पत्नियाँ इस प्रकार विलाप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर रही थीं कि इतनेमें दिनमणि भगवान सूर्य सन्ध्याके रङ्गसे रञ्जित होकर अस्ताचलपर चले गये ॥५९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥३२॥

(उग्रसेनका राज्याभिषेक और कंसका और्ध्वदैहिक संस्कार) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पुत्रशोकसे व्याकुल महात्मा उग्रसेन विष पिये हुए व्यक्तिके समान लड़खड़ाते-लड़खड़ाते और दीर्घ श्वास लेते हुए भगवान कृष्णके पास गये ॥ १ ॥ वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि श्रीकृष्ण यादवोंसे घिरकर बैठे हुए हैं और पश्चात्तापवश बार-बार कंसके निधनसम्बन्धी वार्ता कर रहे हैं ॥२॥ कंसकी दुःखिनी स्त्रियोंका करुण विलाप सुनकर यादवोंकी मण्डलीमें वे अपने किये हुए कार्योंकी निन्दा कर रहे हैं ॥३॥ वे कहते हैं—हाय ! मैंने अकेले कंसका वध करके बालबुद्धि तथा क्रोधवश उसकी हजारों स्त्रियोंको विधवा बना दिया ॥ ४ ॥ कंसके मर जानेपर ये स्त्रियाँ जिस प्रकार रोदन कर रही हैं, उसे सुनकर अतिनीच मनुष्यके हृदयमें

स्तरम् ॥ जगामास्तं दिनकरः संध्यारागेण रञ्जितः ॥५९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कंसस्त्रीविलापो नाम द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥३२॥

वैशम्पायन उवाच ॥ उग्रसेनस्तु कृष्णस्य समीपं दुःखितो ययौ ॥ पुत्रशोकाभिसंतप्तो विषपीत इव श्वसन् ॥ १ ॥ स ददर्श गृहे कृष्णं यादवैः परिवारितम् ॥ पश्चानुतापाद्ध्यायन्तं कंसस्य निधनाविलम् ॥ २ ॥ कंसनारीविलापांश्च श्रुत्वा सकरुणान्बहून् ॥ गर्हमाणं तथात्मानं तस्मिन् यादवसंसदि ॥ ३ ॥ अहो ममातिबाल्येन रोषाद्दोषानुवर्तिना ॥ वैधव्यं स्त्रीसहस्राणां कंसस्यास्य वधे कृतम् ॥४॥ कारुण्यं खलु नारीषु प्राकृतस्यापि जायते ॥ एवमार्तं रुदन्तीषु मया भर्तरि पातिते ॥ ५ ॥ परिदेवितमात्रेण शोकः खलु विधीयते ॥ कृतान्तस्यानभिज्ञानां स्त्रीणां कारुण्यसंभवः ॥ ६ ॥ कंसस्य हि वधः श्रेयान्प्रागेवाभिमतो मम ॥ सतामुद्वेजनीयस्य पापेष्वभिरतस्य च ॥ ७ ॥ लोके पतितवृत्तस्य परुषस्याल्पमेधसः ॥ अक्लिष्टं मरणं श्रेयो न विद्विष्टस्य जीवितम् ॥ ८ ॥ कंसः पापपरश्चैव साधूनामप्यसंमतः ॥ धिक्शब्दपतितश्चैव जीविते तस्य का दया ॥ ९ ॥ स्वर्गे तपोभृतां वासः फलं पुण्यस्य कर्मणः ॥ इहापि यशसा युक्तः स्वर्गस्थैरुपभुज्यते ॥ १० ॥ यदि स्युर्निर्वृता लोकाः स्युश्च धर्मपराः प्रजाः ॥ नरा धर्मप्रवृत्ताश्च न राज्ञामनयः स्पृशेत् ॥ ११ ॥ निग्रहे दुष्टवृत्तीनां कृतान्तः कुरुते फलम् ॥ इष्टधर्मेषु लोकेषु कर्तव्यं पारलौकिकम्

भी करुणरसका सञ्चार हो जायगा ॥ ५ ॥ विधाताके कार्यकलापसे अनभिज्ञ स्त्रियोंका रुदन सुनकर ही प्रत्येक व्यक्तिका हृदय आर्द्र हो उठता है ॥ ६ ॥ पापी कंसने सभी भले लोगोंको उद्विग्न कर दिया था। इस कारण मैंने पहलेसे ही उसे मार डालनेका निश्चय कर लिया था ॥ ७ ॥ पापासक्त, उग्रस्वभाव तथा दुर्बुद्धि मनुष्योंका जीवित रहनेकी इस अपेक्षा अनायास मृत्यु पा जाना अधिक श्रेयस्कर होता है ॥ ८ ॥ कंस पापके कामोंमें अत्यन्त आसक्त था और सज्जनोंके समुदायमें सर्वथा निन्दनीय हो गया था। अतएव जिसके जीवनपर चारों ओरसे धिक्कारके शब्दका उपयोग हो रहा हो, उसके जीवनपर दयाका क्या प्रयोजन ? ॥ ९ ॥ जो लोग जीवनमें पुण्यकार्य करते हैं, उन्हें इहलोकमें यश और परलोकमें स्वर्गवास अवश्य प्राप्त होता है ॥१०॥ जिस राजाके राज्यमें प्रजा सुखी और धार्मिक रहती है, जहाँके मनुष्य धर्मात्मा होते हैं तो राजाको कभी भी अनीतिका सामना नहीं करना पड़ता ॥११॥ किन्तु जो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्राणी दुष्टस्वभावका हो जाता है, उसका निग्रह यमराज स्वयं करते हैं। धर्मपरायण लोगोंके लिए परलोकहितकारी कार्य करना आवश्यक रहता है ॥१२॥ देवता भी ऐसे धर्मात्मा लोगों की रक्षा करते हैं। इस संसारमें पापकर्म करनेवालोंकी ही संख्या अधिक रहती है ॥ १३ ॥ कंस नितान्त पापी था। इसी कारण मैंने उसे मारकर पापकर्मका सर्वथा मूलोच्छेद कर दिया है ॥ १४ ॥ आगे चलकर आपलोग अनुभव करेंगे कि जो कुछ हुआ, वह अच्छा ही हुआ है। अब आप जाकर शोकार्त स्त्रियों, प्रजाजनों और अन्यान्य शोकाकुल लोगोंको ढाढ़स बँधाइए ॥ १५ ॥ हे महाराज! भगवान कृष्ण ऐसा कह ही रहे थे, उसी समय महाराज उग्रसेन अपने पुत्रके पापोंका स्मरण करके शंकित चित्तसे मस्तक झुकाये हुए अन्यान्य यादवोंके साथ सभाभवनमें जा पहुँचे ॥ १६ ॥ वहाँ जाकर आँसुओंसे गला रुँध जानेके कारण भर्राये स्वर तथा कातर वचनोंमें श्रीकृष्णको सम्बोधित करके उन्होंने कहा—॥ १७ ॥ वत्स! तुमने अपना क्रोध उतारनेके लिए मेरे पुत्रको यमलोक भेजकर असाधारण कीर्ति कमाई और अपना नाम विख्यात कर लिया ॥ १८ ॥ अब साधुसमाजमें तुम्हारी प्रतिष्ठा होगी। तुम्हारे शत्रु अब

॥१२॥ अतीव देवा रक्षन्ति नरं धर्मपरायणम् ॥ कर्तारः सुलभा लोके दुष्कृतस्य हि कर्मणः ॥१३॥ हतः सोऽयं मया कंसः साध्वेतदवगम्यताम् ॥ मूलच्छेदः कृतस्तस्य विपरीतस्य कर्मणः ॥ १४ ॥ तदेष सान्त्व्यतां सर्वः शोकार्तः प्रमदाजनः ॥ पौराश्च पुर्या श्रेण्यश्च सान्त्व्यतां सर्व एव हि ॥ १५ ॥ एवं ब्रुवति गोविन्दे विवेशावनताननः ॥ उग्रसेनो यदून्गृह्य पुत्रकिल्बिषशङ्कितः ॥ १६ ॥ स कृष्णं पुण्डरीकाक्षमुवाच यदुसंसदि ॥ बाष्पसंदिग्धया वाचा दीनया सज्जमानया ॥ १७ ॥ पुत्रो निर्यातितः क्रोधान्नीतो याम्यां दिशं रिपुः ॥ स्वधर्माधिगता कीर्तिर्नाम विश्रावितं भुवि ॥ १८॥ स्थापितं सत्सु माहात्म्यं शङ्किता रिपवः कृताः॥ स्थापितो यादवो वंशो गर्विताः सुहृदः कृताः ॥१९॥ सामन्तेषु नरेन्द्रेषु प्रतापस्ते प्रकाशितः ॥ मित्राणि त्वां भजिष्यन्ति संश्रयिष्यन्ति पार्थिवाः ॥२०॥ प्रकृतयोऽनुयास्यन्ति स्तोष्यन्ति त्वां द्विजातयः ॥ सन्धिविग्रहमुख्यास्त्वां प्रणमिष्यन्ति मन्त्रिणः ॥२१॥ हस्त्यश्वरथसंपूर्णं पदातिगणसंकुलम् ॥ प्रतिगृहाण कृष्णेदं कंसस्य बलमव्ययम् ॥२२॥ धनं धान्यं च यत्किञ्चिद्रत्नान्याच्छादनानि च ॥ प्रतीच्छन्तु नियुक्ता वै त्वदीयाः कृष्ण पूरुषाः ॥ २३ ॥ स्त्रियो हिरण्यं यानानि यदन्यद्वसु किंचन ॥ एवं हि विहिते योगे पर्याप्ते कृष्ण विग्रहे ॥ २४ ॥ प्रतिष्ठितायां मेदिन्यां यदूनां शत्रुसूदनः ॥ त्वं गतिश्चागतिश्चैव यदूनां यदुनन्दन ॥ २५ ॥ शृणुष्व वदतां वीर कृप-

तुमसे डरेंगे। ऐसा करके तुमने यदुवंशकी रक्षा कर ली। तुम्हारे सगे-सम्बन्धी इन कार्योंको देखकर गर्वका अनुभव करेंगे ॥ १९ ॥ सब राजाओंको आपका महत्त्व ज्ञात हो गया। अब सभी बन्धु-बान्धव तथा अनेकानेक राजे आपकी अधीनता स्वीकार कर लेंगे ॥ २० ॥ अब प्रजाजन आपका अनुगमन और विप्रगण आपकी स्तुति करेंगे। सन्धि-विग्रह आदि विषयोंके विज्ञ मन्त्रीगण आपके समक्ष नतमस्तक रहेंगे ॥२१॥ हे कृष्ण! अब हाथी, घोड़े, रथ और पदाति (पैदल) आदि कंसको समस्त सेनाको आप अपने हाथमें ले लीजिए ॥२२॥ आपके द्वारा नियुक्त अधिकारी चलकर धन, धान्य, सुवर्ण, स्त्री, रत्न, विविध सवारियाँ और तम्बू-कनात आदि आच्छादन सहेज लें। क्योंकि बहुत अच्छे समयपर यह सुवसर हाथ लगा है ॥ २३ ॥ २४ ॥ अब आप ही यादवोंके कर्ता-हर्ता और विधाता हैं। हे शत्रुसूदन! यदुवंशियोंके राज्यपर अब आपका अधिकार है ॥ २५ ॥ हाँ, मुझे आपको एक अत्यावश्यक बात

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बतानी है, उसे कह रहा हूँ। सुनिए—हे गोविन्द! अब यदि आप दया करें तो आपके कोपरूपी अग्निमें दग्ध और नितान्त पापी कंसका प्रेतकृत्य सम्पन्न हो जाय। उस मरे हुए राजाका और्ध्वदैहिक कृत्य समाप्त करके अपनी पतोहुओं, भार्या तथा बान्धवोंके साथ जाकर मैं मृगगणोंके बीच वनमें रहने लगूँगा। क्योंकि इहलोकमें बन्धुजनोचित प्रेतकृत्य समाप्त करनेपर ही लौकिक ऋणसे मुक्ति मिलती है। अतएव चिता सजाकर उसमें विधिवत् अग्नि लगा तथा कंसके उद्देश्यसे जलांजलि देनेके बाद ही मैं अपनेको उऋण समझूँगा ॥२६–२९॥ हे वत्स! मेरा यही निवेदन है। इस विषयमें आप मुझपर अनुग्रह करिए। आपकी इस कृपासे कंसको सद्गति प्राप्त हो जायगी ॥ ३० ॥ हे महाराज! भगवान कृष्ण उग्रसेनके वचन सुनकर बहुत विस्मित हुए और सान्त्वना भरे वचन बोलते हुए उन्होंने कहा—॥ ३१ ॥ हे तात! आपका कथन समयोचित है। आपका जैसा उदार चरित्र है और आपको जैसे उत्तम वंशमें जन्म मिला

णानामिदं वचः ॥ अस्य त्वत्कोपदग्धस्य कंसस्याशुभकर्मणः ॥ २६ ॥ तव प्रसादाद्गोविन्द प्रेतकार्यं क्रियेत ह ॥ तस्य कृत्वा नरेन्द्रस्य विपन्नस्यौर्ध्वदेहिकम् ॥ २७ ॥ सस्नुषोऽहं सभार्यश्च चरिष्यामि मृगैः सह ॥ प्रेतसंस्कारमात्रेण कृते बान्धवकर्मणि ॥ २८ ॥ आनृण्यं लौकिकं कृष्ण गताः किल भवन्ति हि ॥ तस्याग्निं पश्चिमं कृत्वा चितिस्थाने विधानतः ॥ तोयप्रदानमात्रेण कंसस्यानृण्यमाप्नुयाम् ॥ २९ ॥ एतत्ते कृष्ण विज्ञाप्यं स्नेहोऽत्र मयि युज्यताम् ॥ प्राप्नोति सुगतिं तत्र कृपणः पश्चिमां क्रियाम् ॥ ३० ॥ एतच्छ्रुत्वा वचस्तस्य कृष्णः परमविस्मितः ॥ प्रत्युवाचोग्रसेनं वै सान्त्वपूर्वमिदं वचः ॥ ३१ ॥ कालयुक्तमिदं तात तथैतद्यत्प्रभाषितम् ॥ सदृशं राजशार्दूल वृत्तस्य च कुलस्य च ॥ ३२ ॥ यत्त्वमेवंविधं ब्रूषे गतेऽर्थे दुरतिक्रमे ॥ प्राप्स्यते नृपसत्कारं कंसः प्रेतगतोऽपि सन् ॥ ३३ ॥ कुले महति ते जन्म वेदान्विदितवानसि ॥ कथं न ज्ञायते तात नियतिर्दुरतिक्रमा ॥ ३४ ॥ स्थावराणां च भूतानां जङ्गमानां च पार्थिव ॥ पूर्वजन्मकृतं कर्म कालेन परिपच्यते ॥ ३५ ॥ श्रुतवन्तोऽर्थवन्तश्च दातारः प्रियदर्शनाः ॥ ब्रह्मण्या नयसंपन्ना दीनानुग्रहकारिणः ॥ ३६ ॥ लोकपालसमास्तात महेन्द्रसमविक्रमाः ॥ क्षितिपालाः कृतान्तेन नीयन्ते नृपसत्तम ॥ ३७ ॥ धार्मिकाः सर्वभावज्ञाः प्रजापालनतत्पराः ॥ क्षत्रधर्मपरा दान्ताः कालेन निधनं गताः ॥ ३८ ॥ स्वयमात्मकृतं कर्म शुभं वा यदि वाऽशुभम् ॥ प्राप्ते काले तु तत्कर्म दृश्यते सर्वदेहिनाम् ॥ ३९ ॥ एषा साऽन्तर्गता माया दुर्विज्ञेया सुरैरपि ॥ यथाऽयं मुह्यते लोको ह्यत्र कर्मैव

है, उसी प्रकार मृदु आपके वचन भी हैं ॥ ३२ ॥ जब आप ऐसा कह रहे हैं तो कंस परलोकवासी होकर भी राजसम्मान प्राप्त करेगा ॥ ३३ ॥ हे तात! आपने बड़े ही उत्तम कुलमें जन्म पाया है। अतएव आपसे कुछ भी छिपा नहीं है। फिर भी आप विधाताके विधानसे अनभिज्ञ क्यों बन रहे हैं ॥ ३४ ॥ समय आनेपर स्थावर-जङ्गमात्मक सभी जीवोंको अपने पूर्वकृत कर्मोंका फल भोगना ही पड़ता है ॥ ३५ ॥ विद्वान्, धनवान्, रूपवान्, दाता, ब्रह्मवादी, नीतिपरायण, दयालु और लोकपालों तथा इन्द्रके तुल्य पराक्रमी राजे भी कालके हाथसे नहीं बचते ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ कितने ही धर्मात्मा, सर्वज्ञ, प्रजापालनतत्पर, रणविशारद और उदार राजे भी कालके वशीभूत होकर परलोकको यात्रा कर चुके हैं ॥ ३८ ॥ कोई प्राणी शुभ कर्म करे या अशुभ, जो जैसा कर्म किये रहेगा, समय आनेपर उसे वैसा ही फल भोगना पड़ेगा ॥ ३९ ॥ कालकी यह माया देवताओंके लिए भी दुर्विज्ञेय है। उस मायाके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0: In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलसे सारा संसार मोहमें पड़ा रहता है। कर्म ही संसारका प्रधान कारण है ॥ ४० ॥ कंस अपने पूर्वकृत कर्मोंसे प्रेरित होकर कालके द्वारा ही निहत हुआ है। मैं कंसके मरणका कारण नहीं हूँ। बल्कि कर्म और काल ही उसके विनाश कारण हैं ॥ ४१ ॥ सूर्य-चन्द्रमामय तथा स्थावर-जङ्गमात्मक यह ब्रह्माण्ड एक समय नष्ट होता है और समय आनेपर पुनः उत्पन्न हो जाता है ॥ ४२ ॥ एकमात्र काल ही सब प्राणियोंका निग्रह और अनुग्रह करता है। अतएव संसारके समस्त पदार्थ सदा कालके ही वशीभूत रहते हैं ॥ ४३ ॥ हे राजन्! आपका पुत्र अपने दोषोंसे ही मरा है। मैं उसकी मृत्युका कारण नहीं हूँ। काल ही उसके मरणका प्रधान कारण है ॥ ४४ ॥ अथवा मैं ही उसके विनाश कारण हूँ। इसमें कोई सन्देह नहीं है। क्योंकि काल भी तो पराधीन है। बिना कारणके काल भी क्या कर सकता है? ॥४५॥ जो कुछ भी हो, काल ही बलवान् है। कालकी गति बड़ी दुर्ज्ञेय होती है। मोक्षतत्त्व-

कारणम् ॥ ४० ॥ कालेनाभिहतः कंसः पूर्वकर्मप्रचोदितः ॥ न ह्यहं कारणं तत्र कालः कर्म च कारणम् ॥ ४१ ॥ सूर्यसोममयं तात कृत्स्नं स्थावर-जङ्गमम् ॥ कालेन निधनं गत्वा कालेनैव च जायते ॥ ४२ ॥ स कालः सर्वभूतानां निग्रहानुग्रहे रतः ॥ तस्मात्सर्वाणि भूतानि कालस्य वशगानि वै ॥ ४३ ॥ स्वदोषेणैव दग्धस्य सूनोस्तव नराधिप ॥ नाहं वै कारणं तत्र कालस्तत्र च कारणम् ॥ ४४ ॥ अथवाऽहं भविष्यामि कारणं नात्र संशयः ॥ परायणपरः कालः किं करिष्यत्यकारणः ॥ ४५ ॥ कालस्तु बलवान्राजन्दुर्विज्ञेया हि सा गतिः ॥ परावरविशेषज्ञा यां यान्ति सम-दर्शिनः ॥ ४६ ॥ गतिः कालस्य सा येन सर्वं कालस्य गोचरम् ॥ ब्रवीमि यदहं तात तदनुष्ठीयतां वचः ॥ ४७ ॥ न हि राज्येन मे कार्यं नाप्यहं नृप काङ्क्षितः ॥ न चापि राज्यलुब्धेन मया कंसो निपातितः ॥ ४८ ॥ किंतु लोकहितार्थाय कीर्त्यर्थं च सुतस्तव ॥ व्यङ्गभूतः कुलस्यास्य सानुजो विनिपातितः ॥ ४९ ॥ अहं स एव गोमध्ये गोपैः सह वनेचरः ॥ प्रीतिमान्विचरिष्यामि कामचारी यथा गजः ॥ ५० ॥ एतावच्छतशोऽप्येवं सत्येनैतद्ब्रवीमि ते ॥ न मे कार्यं नृपत्वेन विज्ञाप्यं क्रियतामिदम् ॥ ५१ ॥ भवान्राजाऽस्तु मान्यो मे यदूनामग्रणीः प्रभुः ॥ विजयायाभि-षिच्यस्व स्वराज्ये नृपसत्तम ॥ ५२ ॥ यदि ते मत्प्रियं कार्यं यदि वा नास्ति ते व्यथा ॥ मया निसृष्टं राज्यं स्वं चिराय प्रतिगृह्यताम् ॥ ५३ ॥

विशारद, उत्कृष्ट-अपकृष्टज्ञानसम्पन्न, समदर्शी तथा सिद्ध पुरुष ही कालकी महिमा समझ सकते हैं। हे तात! अब मैं आपसे जो कह रहा हूँ, वैसा ही करिए ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ मैं राज्य नहीं चाहता। उसकी मुझे तनिक भी इच्छा नहीं है। मैंने राज्यके लोभसे कंसका संहार नहीं किया है ॥ ४८ ॥ केवल जनसाधारणके उपकार तथा कीर्तिका उपार्जन करनेके लिए ही मैंने ऐसा किया है। इस उद्देश्यकी सिद्धिके लिए ही मैंने अनुयायियों समेत कंसको मारा है ॥४९॥ मैं तो यहाँसे जाकर फिर गौओं और गोपोंके साथ स्वेच्छाचारी गजराजकी तरह वनोंमें विचरूँगा ॥ ५० ॥ हे राजन्! मैं सौ बार सत्यकी शपथ खाकर कहता हूँ कि मुझे राजा बननेकी इच्छा नहीं है। अब मैं जो कह रहा हूँ, उसीके अनुसार आप सब काम करिए ॥ ५१ ॥ आप यदुकुलमें श्रेष्ठ और महामान्य हैं। यदि मेरा प्रिय कार्य सम्पादन करना आपको अभीष्ट हो, यदि आपके मनमें कोई पीड़ा न हो तो मैं यह राज्य त्यागता हूँ। इसे आप स्वीकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके इसके राजसिंहासनपर अपना अभिषेक करा लीजिए। आपकी जय हो और आप चिरकालतक सुखपूर्वक राज करें ॥५२॥५३॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! महात्मा उग्रसेनने भगवान कृष्णकी बातोंका कुछ भी उत्तर नहीं दिया। बल्कि वे लज्जित हो और अपना मुख नीचा करके सभामें बैठ गये ॥ ५४ ॥ तब धर्मवेत्ता भगवान कृष्णने तत्काल उग्रसेनका अभिषेक कर दिया। तदनन्तर राजमुकुटधारी श्रीमान् महाराज उग्रसेन भगवान कृष्णके साथ जाकर कंसका प्रेतकृत्य सम्पन्न करनेके कार्यमें संलग्न हो गये ॥ ५५ ॥ जैसे देवता देवराज इन्द्रकी आज्ञाओंका पालन करते हैं, वैसे ही कृष्णके आदेशको मानते हुए सभी गण्य-मान्य यादव राजमार्गपर महाराज उग्रसेनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ ५६ ॥ रात्रि व्यतीत होकर सवेरा होनेपर वे यादव कंसका प्रेतकृत्य सम्पन्न करनेके काममें जुट गये ॥ ५७ ॥ तदनुसार उन्होंने कंस और उसके भाई सुनामाके मृत शरीरको पालकीमें रक्खा और उठाकर वे लोग यमुना

वैशम्पायन उवाच ॥ एतच्छ्रुत्वा तु वचनं नोत्तरं प्रत्यभाषत ॥ व्रीडिताधोमुखं तं तु राजानं यदुसंसदि ॥ ५४ ॥ अभिषेकेण गोविन्दो योजयामास धर्मवित् ॥ स बद्धमुकुटः श्रीमानुग्रसेनो महाद्युतिः ॥ चकार सह कृष्णेन कंसस्य निधनक्रियाम् ॥ ५५ ॥ तं सर्वे यादवा मुख्या राजानं कृष्णशासनात् ॥ अनुजग्मुः पुरीमार्गे देवा इव शतक्रतुम् ॥ ५६ ॥ रजन्यां तु निवृत्तायां ततः सूर्ये विराजिते ॥ पश्चिमं कंससंस्कारं चक्रुस्ते यदुपुङ्गवाः ॥ ५७ ॥ शिबिकायामथारोप्य कंसदेहं यथाक्रमम् ॥ नैष्ठिकेन विधानेन चक्रुस्ते कंससत्क्रियाम् ॥ ५८ ॥ स नीतो यमुनातीरमुत्तमं नृपतेः सुतः ॥ सत्कृतश्च यथान्यायं नैधनेन चिताग्निना ॥ ५९ ॥ तथैव भ्रातरं चास्य सुनामानं महाभुजम् ॥ संस्कारं लम्भयामासुः सहकृष्णेन यादवाः ॥ ६० ॥ ताभ्यां ते सलिलं चक्रुर्वृष्ण्यन्धकपुरोगमाः ॥ अक्षयं चास्तु प्रेतेभ्यो भाषमाणाः पुनः पुनः ॥ ६१ ॥ हिरण्यस्य सुवर्णस्य दश कोटीस्तथा हरिः ॥ गावो रत्नानि वासांसि ग्रामान्नागरसंमतान् ॥६२॥ ददौ कंसं समुद्दिश्य ब्राह्मणेभ्यो नृपोत्तमः ॥ अक्षयं चापि विप्रेभ्यो भाषमाणाः पुनः पुनः ॥ ६३ ॥ तयोस्ते सलिलं दत्त्वा यादवा दीनमानसाः ॥ पुरस्कृत्योग्रसेनं वै विविशुर्मथुरां पुरीम् ॥ ६४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि उग्रसेनाभिषेककंससंस्कारकथनं नाम त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स कृष्णस्तत्र बलवान्रौहिणेयेन संगतः ॥ मथुरां यादवाकीर्णां पुरीं तां सुखमावसत् ॥ १ ॥ प्राप्तयौवनदेहस्तु युक्तो

नदीके उत्तम तटपर ले गये। वहाँ चिताकी अग्नि प्रज्वलित करके शास्त्रीय विधि-विधानसे उन यादवोंने दोनों मृत भ्राताओंका मृतकसंस्कार-कार्य सम्पन्न किया ॥ ५८–६० ॥ तदनन्तर वृष्णि तथा अन्धकवंशी सब यादव 'मृत आत्माको अक्षय स्वर्ग प्राप्त हो' ऐसा कहकर जलांजलि प्रदान करने लगे ॥ ६१ ॥ तदनन्तर श्रीकृष्णने प्रेतके सुखके लिए दस करोड़ स्वर्णमुद्रा तथा गौ, रत्न, वस्त्र और ग्राम दान करके ब्राह्मणोंको दिया ॥६२॥६३॥ इस प्रकार जलांजलि देकर वे दीनमनस्क यादव उग्रसेनको आगे करके मथुरापुरीमें प्रविष्ट हुए ॥६४॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३३ ॥

(श्रीकृष्ण और बलरामका प्रत्यावर्तन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर युवावस्थाको प्राप्त श्रीकृष्ण और बलराम राज्यश्री प्राप्त करके रत्नोंसे विभूषित तथा यादवोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिपूर्ण मथुरापुरीमें बड़े आनन्दके साथ रहने लगे ॥ १ ॥ २ ॥ कुछ समय बाद वे दोनों धनुर्वेदकी शिक्षा लेनेके लिए काशीमें उत्पन्न तथा अवन्तीपुरीनिवासी गुरु सान्दीपनिके पास गये । वहाँ पहुँचकर वे दोनों अपने-अपने नाम और अध्ययनके विषयका उल्लेख करके गुरुशुश्रूषा करने लगे । भगवान सान्दीपनिने भी बड़े आदरके साथ उन्हें अपने आश्रमपर रख लिया और विद्यादान देने लगे ॥ ३–५ ॥ वे दोनों युवक श्रुतिधर (सुनते ही हृदयङ्गम करनेवाले) थे । अतएव उन्होंने चौंसठ ही दिनोंमें अङ्गों समेत चारों वेद पढ़ लिया ॥ ६ ॥ इसके बाद बहुत थोड़े दिनोंमें चतुष्पाद धनुर्वेद और रहस्य सहित सब शस्त्रोंकी शिक्षा प्राप्त कर ली ॥ ७ ॥ गुरु सान्दीपनिने उन दोनोंकी अलौकिक बुद्धि देखकर मन ही मन सोचा कि चन्द्रमा और सूर्य तो कहीं इस रूपमें नहीं यहाँ आ गये हैं ॥ ८ ॥ बादमें उन्होंने विशेष ध्यान देकर देखा तो उन दोनोंको पर्व-पर्वपर विष्णुभगवानका पूजन करते पाया ॥९॥ इस प्रकार कृष्ण और

राजश्रिया ज्वलन् ॥ चचार मथुरां वीरः सरत्नाकरभूषणाम् ॥ २ ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य सहितौ रामकेशवौ ॥ गुरुं सान्दीपनिं काश्यमवन्तिपुरवासिनम् ॥ ३ ॥ धनुर्वेदचिकीर्षार्थमुभौ तावभिजग्मतुः ॥ निवेद्य गोत्रं स्वाध्यायमाचारेणाभ्यलंकृतौ ॥ ४ ॥ शुश्रूषू निरहंकारावुभौ रामजनार्दनौ ॥ प्रतिजग्राह तौ काश्यो विद्याः प्रादाच्च केवलाः ॥ ५ ॥ तौ च श्रुतिधरौ वीरौ यथावत्प्रतिपद्यताम् ॥ अहोरात्रैश्चतुःषष्टया साङ्गवेदमधीयताम् ॥ ६ ॥ चतुष्पादं धनुर्वेदं शस्त्रग्रामं ससंग्रहम् ॥ अचिरेणैव कालेन गुरुस्तावभ्यशिक्षयत ॥ ७ ॥ अतीवामानुषीं मेधां चिन्तयित्वा तयोर्गुरुः ॥ मेने तावागतौ वीरौ देवौ चन्द्रदिवाकरौ ॥ ८ ॥ ददर्श च महात्मानावुभौ तावपि पर्वसु ॥ पूजयन्तौ महादेवं साक्षाद्विष्णुं व्यवस्थितम् ॥ ९ ॥ गुरुं सान्दीपनिं कृष्णः कृतकृत्योऽभ्यभाषत ॥ गुर्वर्थं किं ददामीति रामेण सह भारत ॥ १० ॥ तयोः प्रभावं स ज्ञात्वा गुरुः प्रोवाच हृष्टवान् ॥ पुत्रमिच्छाम्यहं दत्तं यो मृतो लवणाम्भसि ॥ ११ ॥ पुत्र एकोऽपि मे जातः स चापि तिमिना हतः ॥ प्रभासे तीर्थयात्रायां तं मृतं पुनरानय ॥ १२ ॥ तथेत्येवाब्रवीत्कृष्णो रामस्यानुमते स्थितः ॥ गत्वा समुद्रं तेजस्वी विवेशान्तर्जलं हरिः ॥ १३ ॥ समुद्रः प्राञ्जलिर्भूत्वा दर्शयामास स्वं तदा ॥ तमाह कृष्णः क्वासौ भोः पुत्रः सांदीपनेरिति ॥ १४ ॥ समुद्रः प्रत्युवाचेदं दैत्यः पंचजनो महान् ॥ तिमिरूपेण तं बालं ग्रस्तवानिति

बलरामने कृतकृत्य होकर एक दिन गुरु सान्दीपनिके पास जाकर कहा—भगवन् ! हमें क्या गुरुदक्षिणा देनी होगी ? आज्ञा दीजिए ॥ १० ॥ इतने समयमें गुरुदेव उन दोनोंके प्रभावसे परिचित हो गये थे । अतएव गुरुदक्षिणाकी बात सुनते ही बड़े आह्लादके साथ उन्होंने कहा-वत्स ! आजके बहुत दिनों पहले मेरे एक पुत्र हुआ था । तीर्थयात्राके समय प्रभासक्षेत्रके लवण-समुद्रमें उसे तिमि मत्स्य निगल गया । सो मैं उसी पुत्रको गुरुदक्षिणाके रूपमें पाना चाहता हूँ । तुम उसे लौटा लाओ ॥११॥१२॥ हे महाराज ! बलरामके परामर्शानुसार भगवान कृष्णने गुरु सान्दीपनिकी आज्ञा शिरोधार्य कर ली । तदनुसार तत्काल वे प्रभासक्षेत्रके खारे समुद्रपर जाकर उसके जलमें प्रविष्ट हो गये ॥ १३ ॥ प्रविष्ट होते ही समुद्र हाथ जोड़कर उनके सम्मुख आ उपस्थित हुआ । भगवानने कहा—समुद्र ! बताओ, मेरे गुरु सान्दीपनिका पुत्र कहाँ है ? ॥१४॥ समुद्र बोला—माधव ! पंचजन नामके महान् दैत्यने तिमि मत्स्यका रूप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धारण करके उसे निगल लिया है ॥ १५ ॥ तब भगवान पंचजनके पास गये और उसे मार डाला, किन्तु गुरुपुत्र वहाँ भी नहीं मिला ॥१६। पंचजनका वध करके उन्हें केवल एक शंख मिला। वह शंख देवताओं तथा मनुष्योंमें पांचजन्य नामसे विख्यात हुआ ॥१७॥ वहाँसे चलकर भगवान कृष्ण यमराजकी वैवस्वतपुरीमें जा पहुँचे। यमराजने तत्काल उनके समक्ष उपस्थित होकर उनकी वन्दना की ॥१८॥ भगवानने यमराजसे कहा—भद्र! तुम मुझे मेरा गुरुपुत्र लाकर दे दो। किन्तु यमराज उनकी बातसे सहमत नहीं हुए। अतएव उन दोनोंमें भयानक युद्ध छिड़ गया ॥ १९ ॥ बादमें भगवानने यमराजको पराजित करके गुरुपुत्र प्राप्त कर लिया ॥२०॥ श्रीकृष्णके प्रभावसे बहुत समय पहले मरा हुआ गुरुपुत्र फिर जीवित हो गया। भगवानका यह अचिन्त्य और अशक्य कार्य देखकर सब लोगोंको बहुत विस्मय हुआ। तदनन्तर भगवान कृष्ण गुरुपुत्र, पांचजन्य शंख और बहुमूल्य रत्न लेकर अवन्तीपुरीको लौट आये ॥२१–२३॥ यहाँ

माधव ॥ १५ ॥ स पंचजनमासाद्य जघान पुरुषोत्तमः ॥ न चाससाद तं बालं गुरुपुत्रं तदाऽच्युतः ॥ १६ ॥ स तु पंचजनं हत्वा शंखं लेभे
जनार्दनः ॥ यस्तु देवमनुष्येषु पांचजन्य इति श्रुतः ॥ १७ ॥ ततो वैवस्वतपुरं जगाम पुरुषोत्तमः ॥ ततो यमोऽभ्युपागम्य ववन्दे तं गदाधरम्
॥ १८ ॥ तमुवाचाथ वै कृष्णो गुरुपुत्रः प्रदीयताम् ॥ तयोस्तत्र गदायुद्धमासीद्घोरतरं महत् ॥ १९ ॥ ततो वैवस्वतं घोरं निर्जित्य पुरुषोत्तमः ॥
आससाद च तं बालं गुरुपुत्रं तदाऽच्युतः ॥ २० ॥ आनिनाय गुरोः पुत्रं चिरं नष्टं यमक्षयात् ॥ ततः सान्दीपनेः पुत्रः प्रसादादमितौजसः
॥ २१ ॥ दीर्घकालगतः प्रेतः पुनरासीच्छरीरवान् ॥ तदशक्यमचिन्त्यं च दृष्ट्वा सुमहदद्भुतम् ॥ २२ ॥ सर्वेषामेव भूतानां विस्मयः समजायत ॥
स गुरोः पुत्रमादाय पांचजन्यं च माधवः ॥ रत्नानि च महार्हाणि पुनरायाज्जगत्प्रभुः ॥२३॥ राक्षसैस्तस्य रत्नानि महार्हाणि बहूनि च ॥ आना-
य्यावेदयामास गुरवे वासवानुजः ॥२४॥ ततः सान्दीपनेः पुत्रं तद्रूपवयसं तदा ॥ प्रादात्कृष्णः प्रतीतात्मा सह रत्नैरुदारधीः ॥२५॥ चिरनष्टेन पुत्रेण
काश्यः सान्दीपनिस्तदा ॥ समेत्य मुमुदे राजन्पूजयन्रामकेशवौ ॥ २६ ॥ गदापरिघयुद्धेषु सर्वास्त्रेषु च तावुभौ ॥ अचिरान्मुख्यतां प्राप्तौ सर्व-
लोके धनुर्भृताम् ॥ २७ ॥ कृतास्त्रौ तावुभौ वीरौ गुरुमामन्त्र्य सुव्रतौ ॥ आयातौ मथुरां भूयो वसुदेवसुतावुभौ ॥ २८ ॥ ततः प्रत्युद्ययुः सर्वे
यादवा यदुनन्दनौ ॥ सबला हृष्टमनस उग्रसेनपुरोगमाः ॥ २९ ॥ श्रेण्यः प्रकृतयश्चैव मन्त्रिणः सपुरोहिताः ॥ सबालवृद्धा सा चैव पुरी समभि-

आकर उन्होंने वह पुत्र तथा राक्षस पांचजन्यसे छीनकर लाया हुआ बहुत प्रकारका रत्न गुरुदेवको गुरुदक्षिणाके रूपमें अर्पण किया ॥ २४ ॥ २५ ॥ अपने चिरनष्ट पुत्रको पाकर गुरु सान्दीपनिकी प्रसन्नताका कोई ठिकाना नहीं रहा और वे श्रीकृष्ण तथा बलरामको बार-बार धन्यवाद देने लगे ॥ २६ ॥ इस प्रकार थोड़े ही समयमें दोनों भ्राताओंने गदा, परिघ तथा धनुर्विद्यामें पूर्ण निपुणता प्राप्त कर ली और दोनों धनुर्धरोंमें अग्रगण्य हो गये ॥ २७ ॥ तदनन्तर दोनों भाई अस्त्रविद्यामें सुशिक्षित होकर गुरु सान्दीपनिसे विदा लेकर अवन्तीपुरीसे मथुरा चले आये ॥ २८ ॥ उनके आगमनका समाचार सुनकर प्रसन्नतापूर्वक उग्रसेन आदि सभी यादव सेनाके साथ उनका स्वागत करने गये ॥ २९ ॥ उस समय जनसाधारण,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रजा, मंत्री, पुरोहित तथा आबाल-वृद्ध-वनिताओंकी भीड़से सारी पुरी परिपूर्ण हो गयी ॥३०॥ भगवान कृष्णको प्रसन्न करनेके लिए सभी हर्षदायक बाजे बजने लगे। सभी मार्गोंपर तथा चारों ओर मालायें और पताकायें लहराने लगीं ॥ ३१ ॥ इन्द्रमहात्सवपर जैसे सब लोग आनन्दित होते हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्णभगवानके आगमनसे सारा अन्तःपुर आह्लादित हो उठा ॥ ३२ ॥ राजमार्गोंपर गायकजन मुदित होकर गायन गाने लगे। उस समय वहाँ यादवोंको प्रिय लगनेवाली विविध गाथायें गायी जाने लगीं। उन लोगोंने कहा—॥ ३३ ॥ 'हे पुरवासियों ! लोकविख्यात वीर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों भाई अपने नगरमें लौट रहे हैं। अब तुम लोग सर्वथा निरुपद्रव रहते हुए जीवनयापन करो ॥३४॥ भगवान कृष्णके मथुरा आ जानेपर किसीमें दैन्य, मालिन्य अथवा अज्ञानता नहीं रह गयी ॥३५॥ उस समय वहाँके पक्षी भी स्पष्ट बोलियाँ बोलने लगे। गाय, घोड़े और हाथी आनन्दित हो उठे। मथुरापुरीके

वर्तत ॥ ३० ॥ नन्दितूर्याण्यवाद्यन्त तुष्टुवुश्च जनार्दनम् ॥ रथ्याः पताकामालिन्यो भ्राजन्ते स्म समन्ततः ॥ ३१ ॥ प्रहृष्टमुदितं सर्वमन्तःपुरमशोभत ॥ गोविन्दागमनेऽत्यर्थं यथैवेन्द्रमहे तथा ॥ ३२ ॥ मुदिताश्चाथ गायन्ति राजमार्गेषु गायकाः ॥ तत्रासीत्प्रथिता गाथा यादवानां प्रियङ्करा ॥ ३३ ॥ गोविन्दरामौ संप्राप्तौ भ्रातरौ लोकविश्रुतौ ॥ स्वे पुरे निर्भयाः सर्वे क्रीडध्वं सह बान्धवैः ॥ ३४ ॥ न तत्र कश्चिद्दीनो वा मलिनो वा विचेतनः ॥ मथुरायामभूद्राजन्गोविन्दे समुपस्थिते ॥ ३५ ॥ वयांसि साधुवाक्यानि प्रहृष्टगोहयद्विपाः ॥ नरनारीगणाः सर्वे भेजिरे मनसः सुखम् ॥ ३६ ॥ शिवाश्च वाताः प्रववुर्विरजस्का दिशो दश ॥ दैवतानि च हृष्टानि सर्वेष्वायतनेषु च ॥ ३७ ॥ यानि लिङ्गानि लोकस्य चासन्कृतयुगे पुरा ॥ तानि सर्वाण्यदृश्यन्त पुरीं प्राप्ते जनार्दने ॥ ३८ ॥ ततः काले शिवे पुण्ये स्यन्दनेनारिमर्दनः ॥ हरियुक्तेन गोविन्दो विवेश मथुरां पुरीम् ॥ ३९ ॥ विशन्तं मथुरां रम्यां तमुपेन्द्रमरिन्दमम् ॥ अनुजग्मुर्यदुगणाः शक्रं देवगणा इव ॥ ४० ॥ वसुदेवस्य भवनं ततस्तौ यदुनन्दनौ ॥ प्रविष्टौ हृष्टवदनौ चन्द्रादित्याविवाचलम् ॥ ४१ ॥ परेण तेजसोपेतौ सुरेन्द्राविव रूपिणौ ॥ तावायुधानि विन्यस्य गृहे स्वे स्वैरचारिणौ ॥ ४२ ॥ मुमुदाते यदुवरौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ उद्यानेषु विचित्रेषु फलपुष्पावनामिषु ॥ ४३ ॥ चेरतुः सुमहात्मानौ यादवैः

सभी नर-नारी मन ही मन गद्गद हो गये ॥ ३६ ॥ उस समय शरीरको सुख देनेवाली हवा बहने लगी और दसों दिशायें निर्मल हो गयीं। मन्दिरोंमें स्थापित देवमूर्तियाँ प्रसन्न हो उठीं ॥ ३७ ॥ भगवान कृष्णके मथुरापुरीमें आ जानेसे पूर्वकालके सत्ययुगकी तरह सभी सुलक्षण लक्षित होने लगे ॥ ३८ ॥ इसी समय शत्रुनाशन भगवान कृष्ण अश्वयुक्त रथपर सवार होकर शुभ मुहूर्तमें मथुरापुरीमें प्रविष्ट हुए ॥ ३९ ॥ उस समय देवता जैसे इन्द्रके पीछे-पीछे चलते हैं, उसी प्रकार यादव इन्द्रसदृश तेजस्वी भगवान कृष्णके पीछे-पीछे चले ॥ ४० ॥ सूर्य और चन्द्रमा जैसे पर्वतोंपर आरोहण करते हैं, उसी प्रकार यादवोंका आनन्द बढ़ानेवाले दोनों भाई बहुत प्रसन्न मनसे अपने पिता वसुदेवके घरमें प्रविष्ट हुए ॥४१॥ वहाँ मूर्तिमान् सूर्य तथा इन्द्रके सदृश तेजस्वी सब आयुधोंको यथास्थान रखकर धीरे-धीरे टहलने लगे ॥ ४२ ॥ फलों-पुष्पोंसे सुशोभित विचित्र उद्यान तथा रैवतक पर्वतके समीप स्थित कमलराशिसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिपूर्ण एवं कारण्डव पक्षियोंसे सेवित निर्मलसलिला यमुना नदी ही उनकी विचरण-स्थली बनी । यादवगण सदा उनके साथ रहा करते थे । इस प्रकार एक शरीरके समान दोनों भाई कुछ दिनोंके लिए उग्रसेनके अनुगामी बनकर रहने लगे ॥ ४३–४५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

(मथुरापर शत्रुओंकी चढ़ाई) वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! बलवान् कृष्ण और बलराम ये दोनों युवक राज्यश्रीयुक्त होकर यादवोंसे परिपूर्ण और वनों तथा आकरों (खानों) से विभूषित मथुरापुरीमें निवास करते हुए परम आनन्दसे विहार करने लगे ॥१॥२॥ कुछ समय बाद राजगृहके अधिपति जरासन्धने अस्ति-प्राप्तिनामकी अपनी कन्याओं द्वारा कंसके मरणका दुखदायी समाचार सुना ॥ ३ ॥ तदनन्तर शीघ्र ही वह प्रतापी राजा जरासन्ध छहों अङ्गोंसे युक्त अपनी विशाल सेना लेकर चल पड़ा ॥ ४ ॥ उस समय वह बहुत क्रुद्ध था और

परिवारितो ॥ रैवतस्य समीपेषु सरित्सु विमलासु च ॥ ४४ ॥ पद्मपत्रविवृद्धासु कारण्डवयुतासु च ॥ एवं तावेकनिर्माणौ मथुरायां शुभाननौ ॥ उग्रसेनानुगौ भूत्वा कश्चित्कालं मुमोदतुः ॥४५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रामकृष्णप्रत्यागमनं नाम चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥३४॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स कृष्णस्तत्र सहितो रौहिणेयेन संगतः ॥ मथुरां यादवाकीर्णां पुरीं तां सुखमावसत् ॥ १ ॥ प्राप्तयौवनदेहस्तु युक्तो राजश्रिया विभुः ॥ चचार मथुरां प्रीतः सवनाकरभूषणाम् ॥ २ ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य राजा राजगृहेश्वरः ॥ शुश्राव निहतं कंसं दुहितृभ्यां महीपतिः ॥ ३ ॥ ततो नातिचिरात्कालाज्जरासंधः प्रतापवान् ॥ आजगाम षडङ्गेन बलेन महता वृतः ॥ ४ ॥ जिघांसुर्हि यदून्क्रुद्धः कंसस्यापचितिं स्मरन् ॥ अस्तिः प्राप्तिश्च नाम्ना ते मागधस्य सुते नृप ॥ ५ ॥ जरासन्धस्य कल्याण्यौ पीनश्रोणिपयोधरे ॥ उभे कंसस्य ते भार्ये प्रादाद्बार्हद्रथो नृपः ॥ ६ ॥ स ताभ्यां मुमुदे राजा बद्ध्वा पितरमाहुकम् ॥ समाश्रित्य जरासन्धमनादृत्य च यादवान् ॥ शूरसेनेश्वरो राजा यथा ते बहुशः श्रुतः ॥ ७ ॥ ज्ञातिकार्यार्थसिद्ध्यर्थमुग्रसेनहिते रतः ॥ वसुदेवोऽभवन्नित्यं कंसो न ममृषे च तम् ॥ ८ ॥ रामकृष्णौ समाश्रित्य हते कंसे दुरात्मनि ॥ उग्रसेनोऽभवद्राजा भोजवृष्ण्यन्धकैर्वृतः ॥ ९ ॥ दुहितृभ्यां जरासन्धः प्रियाभ्यां बलवान्नृपः ॥ नोदितो वीरपत्नीभ्यामुपायान्मथुरां

उसने यादवोंको सर्वथा नष्ट कर डालनेका संकल्प कर लिया था । क्योंकि मगधराज जरासन्धकी अस्ति-प्राप्ति नामकी दो कन्यायें थीं ॥ ५ ॥ वे दोनों पुत्रियाँ बहुत सुन्दर थीं और जरासन्धने कंसके साथ उनका विवाह कर दिया था ॥ ६ ॥ कंसने उन दोनोंका पाणिग्रहण करके जरासन्धकी सहायतासे अपने पिता उग्रसेनको कैद कर लिया और यादवोंकी अवहेलना करके बड़े आनन्दके साथ जीवनयापन करने लगा । ७ ॥ महात्मा वसुदेव अपने सजातीयोंके पक्षका समर्थन करते हुए नियमितरूपसे उग्रसेनके हितमें संलग्न रहते थे । किन्तु कंसको यह बात असह्य हो उठी ॥ ८ ॥ तदनन्तर कृष्ण और बलरामके द्वारा कंस मारा गया और उग्रसेन वृष्णि, भोज तथा अन्धकगणोंसे परिवेष्टित होकर पुनः राजसिंहासनपर बैठे ॥ ९ ॥ उसके कुछ दिन बाद जरासन्ध अपनी दोनों कन्याओंके मुखसे कंसके मरणका वृत्तान्त सुनकर क्रोधसे भभक उठा और यादवोंको सर्वथा नष्ट कर डालनेके लिए उद्यत हो गया ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वीरपत्नी अस्ति-प्राप्तिके आग्रहसे उसने मथुरापर चढ़ाई कर देनेका निश्चय किया ॥ १० ॥ तदनुसार शीघ्र सब प्रकारका उद्योग करके उसने एक बहुत विशाल सेना एकत्र की और चल पड़ा । उसकी जातिके बन्धु-बान्धव आदि महाधनुर्धारी, महाबली और परम पराक्रमी जो राजे उसके प्रतापसे उसके वशीभूत हो चुके थे, वे सब अपनी-अपनी सेनाके साथ जरासन्धके पीछे-पीछे चल पड़े ॥ ११ ॥ १२ ॥ कारूष, दन्तवक्र, महाबली शिशुपाल, कलिङ्गाधिपति बलवान् पौण्ड्र, कुटिलप्रकृति कैशिक, राजा भीष्मक और उसका धनुर्धारियोंमें अग्रणी जो पुत्र रणस्थलीमें कृष्ण तथा अर्जुनसे सदा स्पर्धा किया करता था, वह रुक्मी, वैणुदारि, श्रुतर्वा, क्रथ, अंशुमान्, अङ्गराज, बलवान् वङ्गाधिपति, कौशल्य, काशिराज, दशार्णाधिपति, सुखेश्वर, विदेहराज, मद्रदेशाधिपति, त्रिगर्तनरेश, परम पराक्रमी शाल्वराज, महाबली दरद, यवनराज, बलवान् भगदत्त, सौवीरनरेश शैव्य, बलवान् पाण्ड्य, गान्धार देशके

ततः ॥ १० ॥ कृत्वा सर्वं समुद्योगं क्रोधादग्निसमो ज्वलन् ॥ प्रतापावनता ये च जरासन्धस्य पार्थिवाः ॥ ११ ॥ मित्राणि ज्ञातयश्चैव संयुक्ताः
सुहृदस्तथा ॥ तमेवानुययुः सर्वे सैन्यैः समुदितैर्वृताः ॥ १२ ॥ महेष्वासा महावीर्या जरासन्धप्रियैषिणः ॥ कारूषो दन्तवक्त्रश्च चेदिराजश्च वीर्य-
वान् ॥ १३ ॥ कालिङ्गाधिपतिश्चैव पौण्ड्रश्च बलिनां वरः ॥ कैशिकश्चैव कुटिलः भीष्मकश्च नराधिपः ॥ १४ ॥ पुत्रश्च भीष्मकस्यापि रुक्मी
मुख्यो धनुर्भृताम् ॥ वासुदेवार्जुनाभ्यां यः स्पर्धते स महाहवे ॥ १५ ॥ वैणुदारिः श्रुतर्वा च क्रथश्चैवांशुमानपि ॥ अङ्गराजश्च बलवान्बङ्गानामधि-
पस्तथा ॥ १६ ॥ कौशल्यः काशिराजश्च दशार्णाधिपतिस्तथा ॥ सुखेश्वरश्च विक्रान्तो विदेहाधिपतिस्तथा ॥ १७ ॥ मद्रराजश्च बलवांस्त्रिगर्ता-
नामथेश्वरः ॥ शाल्वराजश्च विक्रान्तो दरदश्च महाबलः ॥ १८ ॥ यवनाधिपतिः श्रीमान् भगदत्तश्च वीर्यवान् ॥ सौवीरराजः शैव्यश्च पाण्ड्यश्च
बलिनां वरः ॥ १९ ॥ गान्धारराजः सुबलो नग्नजिच्च महाबलः ॥ दुर्योधनादयश्चैव धार्तराष्ट्रा महाबलाः ॥ २० ॥ एते चान्ये च राजानो बलवन्तो
महारथाः ॥ तमन्वयुर्जरासन्धं विद्विषन्तो जनार्दनम् ॥ २१ ॥ ते शूरसेनानाविश्य प्रभूतयवसेन्धनाम् ॥ ऊषुः संरुध्य मथुरां पुरस्कृत्य बलं तदा
॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि मथुरोपरोधो नाम पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ मथुरोपवने गत्वा निविष्टांस्तान्नराधिपान् ॥ अपश्यन्वृष्णयः सर्वे पुरस्कृत्य जनार्दनम् ॥ १ ॥ ततो हृष्टमनाः कृष्णो

अधिपति सुबल, नग्नजित्, कश्मीराधिपति गोनर्द, दरद देशके नरेश, दुर्योधन आदि महाबलवान् धृतराष्ट्रके पुत्रगण एवं अन्यान्य महारथी राजे श्रीकृष्णके विरुद्ध जरासंधके पीछे-पीछे चले ॥१३–२१॥ इन सभी पराक्रमी राजाओंने अपनी-अपनी सेनाके साथ पशुओंके चारे तथा ईंधन आदि ले तथा मथुरापुरीको घेरकर पड़ाव डाल दिया ॥२२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

(जरासन्धका मथुरापर आक्रमण और विकट युद्ध) वैशम्पायन बोले—महाराज ! उस समय वृष्णिवंशी वीरोंने भगवान कृष्णके साथ जाकर मथुराके उपवनोंमें नरेशोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपना-अपना शिबिर स्थापित करते देखा ॥ १ ॥ तब श्रीकृष्णने बहुत प्रसन्न होकर बलरामसे कहा—आर्य ! जब राजा जरासन्ध आ गये हैं तो अब देवताओंकी कार्यसिद्धिमें विलम्ब नहीं है । उधर देखिए, वायुवेगसे आनेवाले रथोंकी पताका फहरा रही है ॥ २ ॥ ३ ॥ वह देखिए, विजयाभिलाषी राजाओंके चन्द्रमासदृश धवल एवं अत्युन्नत छत्र विराजमान हैं ॥ ४ ॥ अहो ! इन राजाओंके रथोंपर विद्यमान शुभ्र छत्र आकाशमें उड़ते हुए हंसोंके समुदायसदृश दीख रहे हैं ॥ ५ ॥ राजा जरासन्ध बहुत अच्छे समयपर आया है । युद्धका यह प्रथम अतिथि हम दोनोंके बलाबलकी पहचानके लिए समरकी कसौटीका काम करेगा ॥६॥ आर्य ! जरासन्धके समरांगणमें आ जानेपर हम दोनों उसका सामना करेंगे । अब हमें शीघ्र ही युद्ध आरम्भ करना होगा । अतएव हमें चाहिए कि अपनी सैनिक शक्तिकी विवेचना करें ॥ ७ ॥ ऐसा कहकर युद्धके लिए उत्सुक श्रीकृष्णभगवानने जरासन्धका पराक्रम जाननेके लिए उसकी सेनाका

रामं वचनमब्रवीत् ॥ त्वरते खलु कार्यार्थो देवतानां न संशयः ॥ २ ॥ यथाऽयं सन्निकृष्टो हि जरासन्धो नराधिपः ॥ लक्ष्यन्ते हि ध्वजाग्राणि रथानां वातरंहसाम् ॥३॥ एतानि शशिकल्पानि नृपाणां विजिगीषताम् ॥ छत्राण्यार्य विराजन्ते प्रोच्छ्रितानि सितानि च ॥ ४ ॥ अहो नृपरथोद्या विमलाश्छत्रपङ्क्तयः ॥ अभिवर्तन्ति नः शुभ्रा यथा खे हंसपंक्तयः ॥ ५ ॥ काले खलु नृपः प्राप्तो जरासन्धो महीपतिः ॥ आवयोर्युद्धनिकषः प्रथमः समरातिथिः ॥ ६ ॥ आर्य तिष्ठाव सहितावनुप्राप्ते महीपतौ ॥ युद्धारम्भः प्रयोक्तव्यो बलं तावद्विमृग्यताम् ॥७॥ एवमुक्त्वा ततः कृष्णः स्वस्थः संग्रामलालसः ॥ जरासन्धबलं प्रेप्सुश्चकार बलदर्शनम् ॥८॥ वीक्षमाणश्च तान्सर्वान्नृपान् यदुवरोत्तमः ॥ आत्मनैवात्मनो वाक्यमुवाच हृदि मन्त्रवित् ॥ ९ ॥ इमे ते पृथिवीपालाः पार्थिवे वर्त्मनि स्थिताः ॥ ये विनाशं गमिष्यन्ति शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥ १० ॥ प्रोक्षितान्खल्विमान्मन्ये मृत्युना नृपपुङ्गवान् ॥ स्वर्गगामीनि चाप्येषां वपूंषि प्रचकाशिरे ॥११॥ स्थाने भारपरिश्रान्ता वसुधेयं दिवं गता ॥ एषां नृपाणां मुख्यानां बलौघैरभिपीडिता ॥ १२ ॥ मही निरन्तरा चेयं बलराष्ट्राभिसंवृता ॥ स्वल्पेन खलु कालेन विविक्तं पृथिवीतलम् ॥ १३ ॥ भविष्यति नरेन्द्रौघैः शतशो विनिपातितैः ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ जरासन्धस्ततः क्रुद्धः प्रभुः सर्वमहीक्षिताम् ॥१४॥ नराधिपसहस्रौघैरनुयातो महाद्युतिः ॥ व्यायतोदग्रतुरगैः सुयानैः सुसमाहितैः ॥ १५ ॥ रथैः सांग्रामिकैर्युक्तैरसङ्गगतिभिः क्वचित् ॥ हेमकक्षैर्महाघण्टैर्वारणैर्वारिदोपमैः ॥ १६ ॥ महामात्रोत्तमारूढैः

निरीक्षण किया ॥८॥ मंत्रणाकुशल कृष्ण उन राजाओंको देखकर मन ही मन कहने लगे—॥९॥ ये सभी राजे यमपुरी जानेवाले मार्गपर आकर खड़े हैं । शास्त्रविहित कर्मके अनुसार ये सब विनाशको प्राप्त होंगे ॥ १० ॥ मृत्युने इस सभी राजाओंके शरीरपर जलका प्रोक्षण कर दिया है । तभी तो इनका स्वर्गगामी शरीर इस प्रकार प्रकाशमान दीख रहा है ॥११॥ पृथिवी इन राजाओंके राज्य तथा इनकी सेनाके बोझसे दबकर यदि स्वर्गमें ब्रह्माजीकी शरणमें जाकर गोहार करे तो ठीक ही है॥१२॥ क्योंकि पृथिवी इन राजाओंके राज्य तथा इनकी सेनाके बढ़ावसे एकदम भर गयी है । सो अब बहुत शीघ्र इन असंख्य राजाओंके मर जानेसे धरती निर्जन हो जायगी । वैशम्पायन बोले—महाराज ! इधर राजचक्रवर्ती एवं महातेजस्वी जरासन्ध अत्यधिक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्रुद्ध होकर बहुतेरे राजाओंके साथ मथुराकी ओर चला। सारथीयुक्त, उन्नत एवं विस्तृत शरीरवाले घोड़ोंजुते युद्धरथ, स्वर्णशृङ्खला तथा घण्टासे युक्त एवं महावत सहित मेघ सदृश बड़े-बड़े सुशिक्षित हाथी, सवारयुक्त तथा गमनशील पर्वतके समान छलाँग मारनेवाले घोड़े और ढाल-तलवारधारी तथा उड़नेवाले सर्पोंके समान ऊपर-नीचे उछलनेवाले पदाति (पैदल) सैनिक, ये चारों प्रकारकी सेनायें कम्पमान मेघके समान जरासन्धके साथ चलीं ॥ १३–१९ ॥ मेघसदृश गम्भीर शब्द करनेवाले रथों, गर्जन करनेवाले मस्त हाथियों, हिनहिनाते घोड़ों एवं सिंहनाद करनेवाले पैदल सैनिकोंसे सभी दिशायें तथा मथुरापुरीके सभी उपवन प्रतिध्वनित हो उठे ॥ २० ॥ २१ ॥ कुछ ही देरमें जरासन्ध सागराकार सेना अपने साथ लेकर मथुरापुरीके समीप पहुँच गया। रणमत्त योद्धाओंके सिंहनाद तथा ताल ठोंकनेके शब्दसे वह सेना बादलोंकी सेना जैसी दीख रही थी। पवनसदृश वेगवान् रथों, मेघसदृश दीर्घकाय हाथियों,

कल्पितै रणकोविदैः ॥ स्वारूढैः सादिभिर्युक्तैः प्रेंखमाणैः प्रवल्गितैः ॥ १७ ॥ वाजिभिर्मेघसंकाशैः प्लवद्भिरिव पत्तिभिः ॥ खड्गचर्मधरोदग्रैः पत्तिभिर्बलिनां वरैः ॥ १८ ॥ सहस्रसंख्यासंयुक्तैरुत्पतद्भिरिवोरगैः ॥ एवं चतुर्विधैः सैन्यैः कम्पमानैरिवाम्बुदैः ॥ १९ ॥ नृपः प्रयातो बलवाञ्जरासंधो धृतव्रतः ॥ स रथैर्मेघनिर्घोषैर्गजैश्च मदसंयुतैः ॥ २० ॥ हेषमाणैश्च तुरगैः क्ष्वेडमानैश्च पत्तिभिः ॥ नादयानो दिशः सर्वास्तस्याः पुर्या वनानि च ॥ २१ ॥ स राजा सागराकारः ससैन्यः प्रत्यदृश्यत ॥ तद्बलं पृथिवीशानां हृष्टयोधजनाकुलम् ॥ २२ ॥ क्ष्वेडितास्फोटितरवं मेघसैन्यमिवाबभौ ॥ रथैः पवनसंपातैर्गजैश्च जलदोपमैः ॥ तुरगैश्च जवोपेतैः पत्तिभिः खगमोपमैः ॥ २३ ॥ विमिश्रं सर्वतो भाति मत्तद्विपसमाकुलम् ॥ घर्मान्ते सागरगतं यथाभ्रपटलं तथा ॥ २४ ॥ सबलास्ते महीपाला जरासन्धपुरोगमाः ॥ परिवार्य पुरीं सर्वे निवेशायोपचक्रिरे ॥ २५ ॥ बभौ तस्य निविष्टस्य बलश्रीः शिबिरस्य वै ॥ शुक्लपर्यन्तपूर्णस्य यथा रूपं महादभेः ॥ २६ ॥ वीतरात्रे ततः काले समुत्तस्थुर्महीक्षितः ॥ आरोहणार्थं पुर्यास्ते समीयुर्युद्धलालसाः ॥ २७ ॥ समवायीकृताः सर्वे यमुनामनु ते नृपाः ॥ निविष्टा मन्त्रयामासुर्युद्धकालकुतूहलाः ॥ २८ ॥ तेषां सुतुमुलः शब्दः शुश्रुवे पृथिवीक्षिताम् ॥ युगान्ते भिद्यमानानां सागराणामिव स्वनः ॥ २९ ॥ तेषां सकंचुकोष्णीषाः स्थविरा वेत्रपाणयः ॥ चेरुर्माशब्द इत्येवं वदन्तो

द्रुतगामी अश्वों तथा पक्षियों सदृश पैदल सैनिकोंके सम्मिलित हो जानेसे वह सेना वर्षाऋतुमें समुद्रपर छाये हुए बादलोंके समान दीख रही थी ॥ २२–२४ ॥ उन जरासन्ध आदि राजाओंने चारों ओरसे उस पुरीको घेर लिया और अपनी-अपनी सेनाओंके शिविरका उपक्रम करने लगे ॥ २५ ॥ मथुरापुरीके चारों ओर शिविर बन जानेपर ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो शुभ्रवर्णका समुद्र तटपर्यन्त विस्तृत हो गया है ॥ २६ ॥ रात्रि बीतनेपर वहाँ एकत्रित राजे युद्धकी अभिलाषा करके उस पुरीपर धावा बोलनेके विचारसे चल पड़े ॥ २७ ॥ यमुनातटपर पहुँचकर वे सब एकत्र हुए और आनन्दपूर्वक परस्पर युद्धविषयक मन्त्रणा करने लगे ॥ २८ ॥ उधर प्रलयकालमें सब समुद्रोंके एक साथ क्षुब्ध हो जानेपर जैसा घनघोर शब्द होता है, उसी प्रकार उन सेनाओंका घोरतर शब्द सुनायी देने लगा ॥ २९ ॥ उस समय जरासन्धके आदेशानुसार गड़बड़ी रोकनेके लिए कंचुक और उष्णीषधारी स्थविर (वृद्ध) हाथोंमें बेंत लिये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और 'मत बोलो' कहते हुए टहल रहे थे ॥३०॥ इससे क्षण ही भर बाद वह सैन्यसमुदाय ऐसा शान्त दिखाई देने लगा, जैसे समुद्रके मीन-ग्राह आदि जीव सो गये हों और इसीलिए वह शान्त हो ॥ ३१ ॥ इस प्रकार समस्त सेनाके स्तब्ध हो जानेपर बृहस्पतिके समान बुद्धिमान् जरासन्ध बोला--॥ ३२ ॥ सब राजाओंकी सेनायें तत्काल आगे बढ़ें और इसी समय इस पुरीको चारों ओरसे घेर लें ॥ ३३ ॥ अश्मयन्त्र, क्षेपणीय और मुद्गर आदि शस्त्रास्त्र यथास्थान रख दिये जायँ। प्रास, धनुष और तोमरोंको ऊपरी भागपर रक्खो। टंकों और खनित्रोंसे पुरीको ध्वस्त करनेका कार्य आरम्भ कर दो। रणमार्गपर सुपरिचित नरेशोंका पड़ाव रहे ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ आजसे लेकर जबतक वसुदेवतनय कृष्ण और बलरामको मैं अपने तीक्ष्ण बाणोंसे मार न डालूँ, तबतक मेरी सारी सेना इस पुरीको घेरकर पड़ी रहे। बाणसमूहकी वर्षासे आकाशतकको अवरुद्ध कर देनेवाले वीर राजे अपने पूर्ण कौशलसे व्यवस्था करके

राजशासनात् ॥ ३० ॥ तस्य रूपं बलस्यासीन्निःशब्दस्तिमितस्य वै ॥ लीनमीनग्रहस्येव निःशब्दस्य यथोदधेः ॥ ३१ ॥ निःशब्दस्तिमिते तस्मिन्
योगादिव महार्णवे ॥ जरासन्धो बृहद्वाक्यं बृहस्पतिरिवाददे ॥ ३२ ॥ शीघ्रं समभिवर्तन्तां बलानि पृथिवीक्षिताम् ॥ सर्वतो नगरी चेयं जनौघैः
परिवार्यताम् ॥ ३३ ॥ अश्मयन्त्राणि युज्यन्तां क्षेपणीयाश्च मुद्गराः ॥ ऊर्ध्वं चापा निवाद्यन्तां प्रासा वै तोमरास्तथा ॥ ३४ ॥ दार्यतां चैव टङ्काद्यैः
खनित्रैश्च पुरी द्रुतम् ॥ नृपाश्च युद्धमार्गज्ञा विन्यस्यन्तामदूरतः ॥ ३५ ॥ अद्यप्रभृति सैन्यैर्मे पुरीरोधः प्रवर्त्यताम् ॥ यावदेतौ रणे गोपौ वसुदेव-
सुतावुभौ ॥ ३६ ॥ संकर्षणं च कृष्णं च घातयामि शितैः शरैः ॥ आकाशमपि बाणौघैर्निःसंपातं यथा भवेत् ॥ ३७ ॥ मयाऽनुशिष्टास्तिष्ठन्तु
पुरीभूमिषु भूमिपाः ॥ तेषु तेष्ववकाशेषु शीघ्रमारुह्यतां पुरीम् ॥ ३८ ॥ मद्रः कलिङ्गाधिपतिश्चेकितानः सबाह्लिकः ॥ काश्मीरराजो गोनर्दः करूषा-
धिपतिस्तथा ॥ ३९ ॥ द्रुमः किम्पुरुषश्चैव पर्वतीयो ह्यनामयः ॥ नगर्याः पश्चिमं द्वारं शीघ्रमारोधयन्त्विति ॥ ४० ॥ पौरवो वेणुदारिश्च वैदर्भः
सोमकस्तथा ॥ रुक्मी च भोजाधिपतिः सूर्याक्षश्च समालवः ॥ ४१ ॥ विन्दानुविन्दावावन्त्यौ दन्तवक्त्रश्च वीर्यवान् ॥ छागलिः पुरमित्रश्च विराटश्च
महीपतिः ॥ ४२ ॥ कौरव्यो मालवश्चैव शतधन्वा विदूरथः ॥ भूरिश्रवास्त्रिगर्तश्च बाणः पञ्चनदस्तथा ॥ ४३ ॥ उत्तरं नगरद्वारमेते दुर्गसहा
नृपाः ॥ आरुह्य चाभिमर्दन्तां वज्रप्रतिमगौरवाः ॥ ४४ ॥ उलूकः कैतवश्चैव वीरश्चांशुमतः सुतः ॥ एकलव्यो बृहत्क्षत्रः क्षत्रधर्मा जयद्रथः ॥ ४५ ॥

चौकियाँ बनायें ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ इसके अतिरिक्त कलिङ्गाधिपति, मद्र, चेकितान, वाह्लिक, कश्मीरराज, गोनर्द, करूषाधिपति, किम्पुरुष एवं पर्वतीय प्रदेशके स्वस्थ राजा द्रुम, ये राजे नगरके पश्चिमी द्वारको शीघ्र अवरुद्ध कर दें ॥ ३८–४० ॥ पुरुवंशोद्भव वैणुदारि, वैदर्भ सोमक, भोजाधिपति रुक्मी, मालव सूर्याक्ष, अवन्तीनरेश, विन्द-अनुविन्द, बलवान् दन्तवक्त्र, छागलि, पुरुमित्र, राजा विराट्, कौरव्य मालव, शतधन्वा, विदूरथ, भूरिश्रवा, त्रिगर्त, बाणासुर और पंचनद ये दुर्गके आक्रमणका वेग सहनेमें समर्थ और वज्रसदृश कठोर राजे मथुराके उत्तरी द्वारको अवरुद्ध कर दें ॥ ४१–४४ ॥ उलूक, कैतव, अंशुमान्का पुत्र वीर एकलव्य, बृहत्क्षत्र, क्षत्रधर्मा, जयद्रथ, उत्तमौजा, शल्य, कौरवगण, कैकेयगण, विदिशाके राजा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वामदेव, सांकृति, सिनीपति, ये राजे नगरीके पूर्वद्वारपर जाकर जैसे वायु मेघोंको छिन्न-भिन्न कर देता है, वैसे ही मथुराको छिन्न-भिन्न करते हुए अग्रसर हों ॥ ४६–४७ ॥ मैं स्वयं दरद तथा चेदिराजको साथ ले और कवच धारण करके पुरीके दक्षिणी द्वारकी रक्षा करूँगा ॥ ४८ ॥ इस प्रकार मथुरापुरी शीघ्र सेनाओं द्वारा घेर ली जाय । यहाँके पुरवासियोंको वज्रपात सदृश भीषण शब्द सुनायी देना चाहिए ॥ ४९ ॥ गदाधारी वीर गदासे, परिघधारी परिघसे और अन्यान्य शस्त्रधारी वीर अपने-अपने शस्त्रों द्वारा समस्त पुरीको ध्वस्त करनेका कार्य आरम्भ कर दें ॥ ५० ॥ आप सब राजाओंको चाहिए कि आज ही बड़े-बड़े महलोंको ढहाकर सारा नगर समतल कर दें ॥ ५१ ॥ हे महाराज ! जरासन्धने इस प्रकार चतुरंगिणी सेनाका व्यूह बनाकर विभिन्न राजाओंके साथ क्रोधपूर्वक यादवोंपर धावा बोल दिया ॥ ५२ ॥ ऐसी परिस्थितिमें यादवगण भी अपनी सेना सुसज्जित करके शत्रुओंके प्रतिकूल जा डटे ।

उत्तमौजाश्च शल्यश्च कौरवाः कैकयास्तथा ॥ वैदिशो वामदेवश्च सांकृतिश्च सिनीपतिः ॥ ४६ ॥ पूर्वं नगरनिर्व्यूहमेतेष्वायत्तमस्तु नः ॥ दारयन्तो विधावन्तु वाता इव बलाहकान् ॥ ४७ ॥ अहं च दरदश्चैव चेदिराजश्च वीर्यवान् ॥ दक्षिणं नगरद्वारं पालयामः सुदंशिताः ॥ ४८ ॥ एवमेषा पुरी क्षिप्रं समन्ताद्वेष्टिता बलैः ॥ वज्रावपातविषमं प्राप्नोतु तुमुलं भयम् ॥४९॥ गदिनो ये गदाभिस्ते परिघैः परिघायुधाः ॥ अपरे विविधैः शस्त्रैर्दारयन्तु पुरीमिमाम् ॥ ५० ॥ अद्यैव नगरी ह्येषा विषमोच्चयसंकटा ॥ कार्या भूमिसमा सर्वा भवद्भिर्वसुधाधिपैः ॥ ५१ ॥ चतुरङ्गबलैर्व्यूह्य जरासन्धो व्यवस्थितः ॥ अथाभ्ययाद्यदून्क्रुद्धैः सह सर्वैर्नराधिपैः ॥ ५२ ॥ प्रतिजग्मुर्दशार्हास्तं व्यूढानीकाः प्रहारिणः ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं तेषां देवासुरोपमम् ॥ अल्पानां बहुभिः सार्धं व्यतिषक्तरथद्विपम् ॥ ५३ ॥ नगरान्निःसृतौ दृष्ट्वा वसुदेवसुतावुभौ ॥ क्षुभितं नृवरानीकं त्रस्तसंमूढवाहनम् ॥ ५४ ॥ रथस्थौ दंशितौ चैव चेरतुस्तत्र यादवौ ॥ मकराविव संरब्धौ समुद्रक्षोभणावुभौ ॥ ५५ ॥ तयोः प्रयुध्यतोः संख्ये मतिरासीन्महात्मनोः ॥ आयुधानां पुराणानामादानकृतलक्षणा ॥ ५६ ॥ ततः खान्निपतन्ति स्म दिव्यान्याहवसंप्लवे ॥ लेलिहानानि दीप्तानि महांति सुदृढानि च ॥५७॥ क्रव्यादैरनुयातानि मूर्तिमंति बृहन्ति च ॥ तृषितान्याहवे भोक्तुं नृपमांसानि वै भृशम् ॥ ५८ ॥ दिव्यस्रग्दामधारीणि त्रासयन्ति च खेचरान् ॥ प्रभया भासमानानि पतमानानि चाम्बरात् ॥ ५९ ॥ हलं संवर्तकं नाम सौनन्दं मुसलं तथा ॥ धनुषां प्रवरं शार्ङ्गं गदा कौमोदकी तथा ॥ ६० ॥

एक पक्षकी सेना अल्प थी और अपर पक्षकी सेना बहुत विशाल थी । फिर भी दोनों सेनायें भिड़ गयीं और देवासुरसंग्रामके समान भीषण युद्ध होने लगा ॥ ५३ ॥ जब श्रीकृष्ण और बलराम रथपर सवार होकर नगरीसे बाहर आये तो राजा जरासन्धके सैनिक और उनके वाहन क्षुब्ध हो उठे ॥५४॥ वे दोनों यादव कवच धारण करके और रथपर सवार होकर समुद्रको भी क्षुब्ध करनेवाले दो मगरोंके समान निर्भयभावसे विचर रहे थे ॥५५॥ रणभूमिमें युद्ध करते-करते उन दोनों वीरोंको सभी प्राचीनतम दिव्य अस्त्र स्वतः स्मरण आते गये॥५६॥स्मरण आते ही वे दीप्त तथा महान् अस्त्र आकाशसे रणस्थलमें उतरकर आने लगे ॥५७॥ उन मूर्तिमान् अस्त्रोंके साथ विविध प्रकारके आममांसाहारी जीव भी वहाँ आये और आते ही युद्धमें उपस्थित राजाओंका मांस खानेके लिए व्यग्र हो उठे ॥ ५८ ॥ वे तेजस्वी अस्त्र दिव्य मालायें धारण किये हुए थे और आकाशसे गिरते समय सभी आकाशचारी जीवोंको भयभीत कर रहे थे ॥ ५९ ॥ उन अस्त्रोंमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रलयकाल उपस्थित कर देनेवाला सम्वर्तक हल, सौनन्द मुसलं, धनुषोंमें सर्वश्रेष्ठ धनुष शार्ङ्ग और कौमोदकी गदा ये चारों नारायणास्त्र आकर उन दोनोंके हाथोंमें विराजमान हो गये ॥६०॥६१॥ सर्वप्रथम बलरामने ध्वजाकी तरह उन्नत, भुजगराज अनन्तदेवके समान द्युतिमान् तथा दिव्यमालासे विभूषित सर्वश्रेष्ठ शस्त्र हलको दाहिने हाथमें एवं शत्रुओंके लिए दुखदायी मुसलश्रेष्ठ सौनन्दको बायें हाथमें लिया ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ उधर देवताओं द्वारा प्रशंसनीय कमललोचन श्रीकृष्णने एक हाथमें मेघके समान गंभीर शब्द करनेवाला तथा देखनेमें सुन्दर शार्ङ्ग धनुष सम्हाला ॥६४॥ तदनन्तर देवताओंका मनोभाव समझे हुए उन कुमुदाक्ष केशव भगवानने अपने दूसरे हाथमें कौमोदकी गदा धारण की ॥६५॥ इस प्रकार सशस्त्र होकर वे दोनों भाई साक्षात् नारायणके समान रणभूमिमें शत्रुओंके साथ युद्ध करने लगे ॥ ६६ ॥ पूर्वज बलराम और अनुजनामधारी श्रीकृष्ण शत्रुओंको पीडित करते हुए दो देवताओंकी तरह

चत्वार्येतानि तेजांसि विष्णुप्रहरणानि च ॥ ताभ्यां समवतीर्णानि यादवाभ्यां महामृधे ॥ ६१ ॥ जग्राह प्रथमं रामो ललामप्रतिमं हलम् ॥
सर्पन्तमिव सर्पेन्द्रं दिव्यमालाकुलं मृधे ॥ ६२ ॥ सौनन्दं च ततः श्रीमान्निरानन्दकरं द्विषाम् ॥ सव्येन सात्वतां श्रेष्ठो जग्राह मुसलोत्तमम्
॥ ६३ ॥ दर्शनीयं च लोकेषु धनुर्जलदनिःस्वनम् ॥ नाम्ना शार्ङ्गमिति ख्यातं कृष्णो जग्राह वीर्यवान् ॥ ६४ ॥ देवैर्निगदितार्थस्य गदा तस्या-
परे करे ॥ निक्षिप्ता कुमुदाक्षस्य नाम्ना कौमोदकीति सा ॥ ६५ ॥ तौ सप्रहरणौ वीरौ साक्षाद्विष्णुतनूपमौ ॥ समरे रामगोविन्दौ रिपूंस्तान्प्रत्य-
युद्ध्यताम् ॥ ६६ ॥ सायुधप्रग्रहौ वीरौ तावन्योन्याश्रयावुभौ ॥ पूर्वजानुजसंज्ञौ तौ रामगोविन्दलक्षणौ ॥ ६७ ॥ द्विषत्सु प्रतिकुर्वाणौ परा-
क्रान्तौ यथेश्वरौ ॥ विचेरतुर्यथा देवौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ ६८ ॥ हलमुद्यम्य रामस्तु सर्पेन्द्रमिव कोपितः ॥ चचार समरे वीरो विद्विषामन्तको यथा
॥ ६९ ॥ विकर्षन्रथवृंदानि क्षत्रियाणां महात्मनाम् ॥ चकार रोषं सफलं नागेषु च हयेषु च ॥ ७० ॥ कुञ्जरांल्लांगलक्षिप्तान्मुसलाक्षेपताडितान् ॥
रामो विराजन्समरे निर्ममंथ यथाऽचलान् ॥ ७१ ॥ ते वध्यमाना रामेण रणे क्षत्रियपुंगवाः ॥ जरासंधान्तिकं भीताः शरणं प्रतिजग्मिरे ॥ ७२ ॥
तानुवाच जरासंधः क्षत्रधर्मे व्यवस्थितः ॥ धिगेतां क्षत्रवृत्तिं वः समरे कातरात्मनाम् ॥ ७३ ॥ परावृत्तस्य समरे विरथस्य पलायतः ॥ भ्रूणहत्या-
मिवासह्यां प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ ७४ ॥ भीताः कस्मान्निवर्तध्वं धिगेतां क्षत्रवृत्तिताम् ॥ क्षिप्रं सर्वे निवर्तध्वं मम वाक्येन चोदिताः ॥ ७५ ॥

विचरने लगे ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ रुष्ट सर्पराजकी तरह भगवान बलराम हल और मुसलास्त्र लेकर यमरामके समान शत्रुमण्डलमें विचरते हुए रथियोंके रथों, पर्वताकार हाथियों और घोड़ोंको चूर्ण करने लगे ॥६९–७१॥ रणभूमिमें विद्यमान राजे बलरामके द्वारा अत्यधिक पीड़ित होकर भयभीत हो उठे और समरभूमि त्यागकर वे जरासन्धकी शरणमें जा उपस्थित हुए ॥७२॥ क्षात्रधर्मपरायण जरासन्धने उन सबको सम्बोधित करके कहा—हे क्षत्रियगण ! तुम लोग समरमें इस प्रकार भयभीत क्यों होते हो ? तुम्हारे इस क्षत्रिय-जीवनको धिक्कार है ॥ ७३ ॥ समरभूमिमें रथहीन होकर भागनेको मनीषियोंने भ्रूणहत्याके समान गर्हित पाप माना है ॥ ७४ ॥ सो तुम लोग डरकर समरसे भाग क्यों रहे हो ? तुम्हारे क्षात्र जोवनको धिक्कार है ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मेरा कहना मानकर तुम सब शीघ्र लौट पड़ो ॥ ७५ ॥ अथवा जबतक मैं इन दोनों गोपबालकोंको यमराजके घर न भेज दूँ, तबतक तुम लोग रथपर बैठकर युद्ध देखो ॥ ७६ ॥ हे महाराज ! जरासन्धके वचन सुनकर वे राजे लौटे और उनमेंसे कुछ क्षत्रिय स्वर्णालङ्कारसे सुशोभित घोड़ोंपर, कुछ मेघसदृश गम्भीर शब्द करनेवाले रथों और कोई-कोई क्षत्रिय महापात्र द्वारा परिचालित हाथियोंपर सवार होकर प्रसन्नतापूर्वक बाणवर्षा करने लगे ॥७७॥७८॥ वे राजे कवच, खड्ग, प्रत्यञ्चा चढ़ा हुआ धनुष, तरकस और तोमर धारण करके ध्वजा, पताका, छत्र तथा विविध शस्त्रोंसे सुशोभित रथोंपर सवार हो-होकर समरभूमिमें जा डटे। उस समय भृत्यगण उनके ऊपर चमर चला रहे थे ॥ ७९ ॥ ८० ॥ वे युद्धव्यसनी रथीगण यत्नपूर्वक गुरुतर गदा, क्षेपणीय तथा मुद्गरोंकी वर्षा करके आकाशमण्डलको आच्छन्न करने लगे ॥ ८१ ॥ इसी अवसरपर देवताओंका आनन्द बढ़ानेवाले कृष्ण गरुड़ध्वज रथपर सवार होकर जरा-

अथवा तिष्ठत रथैः प्रेक्षकाः समवस्थिताः ॥ यावदेतौ रणे गोपौ प्रेषयामि यमक्षयम् ॥७६॥ ततस्ते क्षत्रियाः सर्वे जरासन्धेन नोदिताः ॥ सृजन्तः शरजालानि हृष्टा योद्धुं व्यवस्थिताः ॥७७॥ ते हयैः काञ्चनापीडै रथैश्चाम्बुदनादिभिः ॥ नागैश्चाम्बुदसंकाशैर्महामात्रप्रणोदितैः ॥७८॥ सतनुत्राः सनिस्त्रिंशाः सपताकायुधध्वजाः ॥ स्वारोपितधनुष्मन्तः सतूणीराः सतोमराः ॥ ७९ ॥ सच्छत्राः सादिनश्चैव चारुचामरवीजिताः ॥ रणे तेऽधिगता रेजुः स्यन्दनस्था महीक्षितः ॥ ८० ॥ ते युद्धरागा रथिनो व्यगाहन्त युधां वराः ॥ गदाभिश्चैव गुर्वीभिः क्षेपणीयैश्च मुद्गरैः ॥ ८१ ॥ एतस्मिन्नन्तरे तत्र देवानां नन्दिवर्द्धनः ॥ सुपर्णध्वजमास्थाय कृष्णस्तु रथमुत्तमम् ॥ ८२ ॥ समभ्ययाज्जरासन्धं शरैर्विव्याध चाष्टभिः ॥ सारथिं चास्य विव्याध पञ्चभिर्निशितैः शरैः ॥८३॥ जघान तुरगांश्चाजौ यतमानस्य वीर्यवान् ॥ तं कृच्छ्रगतमाज्ञाय चित्रसेनो महारथः ॥८४॥ सेनानीः कैशिकश्चैव कृष्णं विविधतुः शरैः ॥ त्रिभिर्विव्याध संसक्तं बलदेवं च कैशिकः ॥ ८५ ॥ बलदेवो धनुश्चास्य भल्लेनाजौ द्विधाऽकरोत् ॥ जवेनाभ्यर्दयचापि तानरीञ्छरवृष्टिभिः ॥ ८६ ॥ बाहुभिर्बहुधा वीरान्समन्तात्स्वर्णभूषणैः ॥ तं चित्रसेनः संरब्धो विव्याध नवभिः शरैः ॥८७॥ कैशिकः पञ्चभिश्चापि जरासन्धश्च सप्तभिः ॥ त्रिभिस्त्रिभिश्च नाराचैस्तान्बिभेद जनार्दनः ॥ ८८ ॥ पञ्चभिः पञ्चभिश्चैव बलदेवः शितैः शरैः ॥ रथं चैवास्य

सन्धके सम्मुख आये। आते ही उन्होंने आठ बाण जरासन्धपर छोड़ा और पाँच तीक्ष्ण बाण मारकर उसके सारथीको घायल कर दिया ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ अब जरासन्ध अपने घोड़ोंको बचानेका उद्योग करने लगा, किन्तु वह असमर्थ रहा और कृष्णने घोड़ोंको भी समाप्त कर ही डाला। महारथो चित्रसेन और सेनापति कैशिकने जरासन्धको संकटमें देखा तो वे दोनों अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके श्रीकृष्ण और बलरामको बींधने लगे ॥८४॥८५॥ इसी समय बलरामने अपने भल्लास्त्रसे कैशिकके धनुषको काटकर दो खण्डोंमें विभक्त कर दिया और विकराल बाणवर्षा करते हुए शत्रुओंका दमन करने लगे। तब चित्रसेनने अतिशय कुपित होकर बलरामपर नौ बाण छोड़े ॥८६॥८७॥ इसी प्रकार कैशिकने पाँच तथा स्वयं जरासन्धने बलरामपर सात बाण चलाये। किन्तु उसी समय भगवान कृष्णने तीन-तीन बाण चलाकर उन तीनोंको बींध दिया ॥८८॥ तदनन्तर बलवान् बलदेवजीने पाँच तीक्ष्ण बाणोंसे चित्रसेनके रथको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ध्वस्त कर दिया ॥८९॥ उन्होंने अपने भल्लास्त्रसे चित्रसेनका धनुष भी काट डाला। इस प्रकार रथहीन होकर वीर चित्रसेन बहुत कुपित हो गया और बलरामको मारनेके लिए अपनी गदा लेकर दौड़ा। उस समय चित्रसेनका वध करनेके लिए श्रीकृष्ण-बलराम भी बाणवर्षा करने लगे। तबतक अवसर पाकर महाबली जरासन्धने बलरामका धनुष काट डाला ॥९०॥९१ उसने क्रोधपूर्वक प्रहार करके उनके घोड़ोंको भी समाप्त कर दिया। उसके बाद वह बलरामकी ओर लपका ॥ ९२ ॥ तब बलदेवजी भी अपना मुसल सम्हालकर जरासन्धपर झपटे और परस्पर एक दूसरेका वध करनेके इच्छुक उन दोनों वीरोंमें घमासान गदायुद्ध होने लगा ॥ ९३ ॥ चित्रसेनने जब जरासन्धको बलरामके साथ लड़ते देखा तो एक अन्य रथपर सवार होकर उसे बचाने चला ॥ ९४ ॥ तभी दोनों ओरकी गजसेनाका तुमुल युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ९५ ॥ इसके बाद विशाल सेनासे घिरा हुआ जरासन्ध कृष्ण और बलरामके आगे-आगे

चिच्छेद चित्रसेनस्य वीर्यवान् ॥ ८९ ॥ बलदेवो धनुश्चास्य भल्लेनाजौ द्विधाऽकरोत् ॥ स च्छिन्नधन्वा विरथो गदामादाय वीर्यवान् ॥ ९० ॥ अभ्यधावत्सुसंरब्धो जिघांसुर्मुसलायुधम् ॥ सिसृक्षतस्तु नाराचांश्चित्रसेनवधैषिणः ॥ धनुश्चिच्छेद रामस्य जरासन्धो महाबलः ॥ ९१ ॥ गदया च जघानाश्वान्क्रोधात्स मगधेश्वरः ॥ रामं चाभ्यद्रवद्वीरो जरासन्धो महाबलः ॥ ९२ ॥ आदाय मुसलं रामो जरासन्धमुपाद्रवत् ॥ तयोस्तद्युद्धमभवत्परस्परवधैषिणोः ॥ ९३ ॥ चित्रसेनस्तु संसक्तं दृष्ट्वा रामेण मागधम् ॥ रथमन्यं समारुह्य जरासन्धमवारयत् ॥९४॥ ततो बलेन महता गजानीकेन चाप्यथ ॥ उभयोरन्तरे ताभ्यां संकुलं समपद्यत ॥ ९५ ॥ ततः सैन्येन महता जरासन्धोऽभिसंवृतः ॥ रामकृष्णाग्रगान्भोजानाससाद महाबलः ॥ ९६ ॥ तत्र प्रक्षुभितस्येव सागरस्य महास्वनः ॥ प्रादुर्बभूव तुमुलः सेनयोरुभयोरपि ॥९७॥ वेणुभेरीमृदङ्गानां शङ्खानां च सहस्रशः ॥ उभयोः सेनयो राजन्प्रादुरासीन्महास्वनः ॥ ९८ ॥ क्ष्वेडितास्फोटितोत्क्रुष्टैस्तुमुलः सर्वतोऽभवत् ॥ उत्पपात रजश्चापि खुरनेमिसमुद्धतम् ॥ ९९ ॥ समुद्यतमहाशस्त्राः प्रगृहीतशरासनाः ॥ अन्योन्यमभिगर्जन्तः शूरास्तत्रावतस्थिरे ॥ १०० ॥ रथिनः सादिनश्चैव पत्तयश्च सहस्रशः ॥ गजाश्चातिबलास्तत्र समुत्पेतुः समन्ततः ॥१०१॥ स सन्निपातस्तुमुलस्त्यक्त्वा प्राणानवर्तत ॥ वृष्णिभिः सह योधानां जरासन्धस्य दारुणः ॥१०२॥ ततः शि-

चलनेवाले भोजवंशी यादवोंकी सेनाके समक्ष जा पहुँचा ॥ ९६ ॥ उस समय उभयपक्षकी सेनामें वेणु, भेरी, मृदङ्ग और अगणित शंखोंका घोरतर शब्द होने लगा। इससे ऐसा मालूम पड़ा कि मानो समुद्र क्षुब्ध होकर कोलाहल मचा रहा है ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ चारों ओर सिंहगर्जन, ताल ठोंकने और परस्पर एक दूसरेको धिक्कारनेका शब्द सुनायी देने लगा और घोड़ोंके खुर तथा रथके पहियेसे उठी हुई धूल आकाशमें छा गयी ॥ ९९ ॥ दोनों ओरके वीर सैनिक धनुष तथा अन्य बड़े-बड़े शस्त्र लेकर एक दूसरेको चिढ़ाते हुए रणभूमिमें डट गये ॥ १०० ॥ रथी, घुड़सवार, असंख्य पैदल सैनिक तथा पर्वताकार हाथी चारों ओरसे आकर एकत्र हो गये ॥ १०१ ॥ अब वे प्राणपणसे युद्ध करने लगे। पहले वृष्णिवंशी यादवोंके साथ जरासन्धके सैनिकोंका भयंकर युद्ध हुआ ॥ १०२ ॥ तदनन्तर शिनि, अनाधृष्टि, बभ्रु, विपृथु और आहुक ये लोग बलरामको आगे करके अपनी आधी सेनाको सुरक्षित रखते हुए शत्रु-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सेनाके दक्षिणी भागपर जा पहुँचे। उस भागकी जरासन्ध, शिशुपाल एवं उत्तरदेशीय महावीर और परम पराक्रमी राजा शल्य तथा शाल्व रक्षा कर रहे थे ॥ १०३–१०५ ॥ उसी समय अवग्राह, पृथु, कंक, शतद्युम्न और विदूरथ, ये लोग सेनाके अर्धभागसे सुरक्षित होते हुए भगवान कृष्णको अगुआ बनाकर प्राणपणसे बाणवर्षा करने लगे ॥ १०६ ॥ भीष्मक, महात्मा रुक्मी, देवक, मद्रेश्वर एवं पूर्व तथा दक्षिण देशके महाबली और परम पराक्रमी योधा इस भागकी रक्षा कर रहे थे। शक्ति, ऋष्टि, प्रास और असंख्य बाणों द्वारा उभयपक्षमें घोर युद्ध होने लगा ॥ १०७ ॥ १०८ ॥ सात्यकि, चित्रक, श्याम, वीर युयुधान, राजाधिदेव, मृदुर, महारथी श्वफल्क, सत्राजित् और प्रसेन ये वीर अधिकाधिक सेनासे परिवेष्टित होकर शत्रुसेनाके बीच भगवान कृष्णके साथ जा उपस्थित हुए ॥ १०९ ॥ ११० ॥ उस समय मृदुर भगवान कृष्णके पक्षकी ओर बलवान धृतराष्ट्रतनयगण तथा वेणुदारि प्रभृति राजे

निरनाधृष्टिर्बभ्रुर्विपृथुराहुकः ॥ बलदेवं पुरस्कृत्य सैन्यस्यार्द्धेन दंशिताः ॥ १०३ ॥ दक्षिणं पक्षमासेदुः शत्रुसैन्यस्य भारत ॥ पालितं चेदिराजेन जरासन्धेन वा विभो ॥ १०४ ॥ उदीच्यैश्च महावीर्यैः शल्यशाल्वादिभिर्नृपैः ॥ सृजन्तः शरवर्षाणि समभित्यक्तजीविताः ॥१०५॥ अवगाहः पृथुः कङ्कः शतद्युम्नो विदूरथः ॥ हृषीकेशं पुरस्कृत्य सैन्यस्यार्द्धेन दंशिताः ॥ १०६ ॥ भीष्मकेणाभिगुप्तश्च रुक्मिणा च महात्मना ॥ देवकेनापि राजेन्द्र तथा मद्रेश्वरेण च ॥ १०७ ॥ प्राच्यैश्च दाक्षिणात्यैश्च गुप्तवीर्यबलान्वितैः ॥ तेषां च युद्धमभवत्समभित्यक्तजीवितम् ॥ शक्त्यृष्टिप्रासबाणौघान्सृजतां तुमुलं महत् ॥ १०८ ॥ सात्यकिश्चित्रकः श्यामो युयुधानश्च वीर्यवान् ॥ राजाधिदेवो मृदुरः श्वफल्कश्च महारथः ॥ १०९ ॥ सत्राजिच्च प्रसेनश्च बलेन महता वृताः ॥ व्यूहस्य पक्षं ते सर्वे प्रतीयुद्धिषतां मृधे ॥ ११० ॥ व्यूहस्यार्द्धं समासेदुर्मृदुरेणाभिरक्षितम् ॥ राजभिश्चापि बहुभिर्वेणुदारिमुखैः सह ॥ १११ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि मथुरोपरोधे युद्धवर्णनं नाम षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो युद्धानि वृष्णीनां बभूवुः सुमहान्त्यथ ॥ मागधस्य महामात्रैर्नृपैश्चैवानुयायिभिः ॥ १ ॥ रुक्मिणा वासुदेवस्य भीष्मकेणाहुकस्य च ॥ क्रथस्य वसुदेवेन कैशिकस्य तु बभ्रुणा ॥ २ ॥ गदेन चेदिराजस्य दन्तवक्त्रस्य शङ्कुना ॥ तथान्यैर्वृष्णिवीराणां नृपाणां च महात्मनाम् ॥ ३ ॥ युद्धमासीद्धि सैन्यानां सैनिकैर्भरतर्षभ ॥ अहानि पञ्च नैकं च षट् सप्ताष्टौ च दारुणम् ॥ ४ ॥ गजैर्गजा हयैरश्वाः पदाताश्च

जरासन्धके पक्षकी रक्षा कर रहे थे ॥ १११ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

(जरासन्धका मथुरामें लौटना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर मगधराज जरासन्धके अनुयायी राजाओं और वृष्णिवंशी यादवोंमें बड़ा भयानक युद्ध होने लगा ॥ १ ॥ भगवान कृष्ण रुक्मीके साथ, आहुक भीष्मकके साथ, वसुदेव क्रथके साथ, कैशिक बभ्रुके साथ, चेदिराज गदके साथ, दन्तवक्त्र शंकुके साथ एवं अन्यान्य वृष्णिगण अपरापर महात्मा नरपतियोंके साथ युद्ध करने लगे। इस प्रकार उभयपक्षमें सत्ताईस दिनों तक विकराल युद्ध हुआ ॥ २–४ ॥ उस समय हाथी हाथियोंसे, घोड़े घोड़ोंसे, पैदल पैदलसे और रथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रथोंसे भिड़कर लड़ने लगे ॥ ५ ॥ जिस प्रकार वृत्रासुर और इन्द्रमें घोर युद्ध हुआ था, उसी प्रकार आज जरासन्ध तथा बलराममें भयंकर और लोमहर्षक युद्ध होने लगा ॥ ६ ॥ श्रीकृष्णने रुक्मिणीके सम्बन्धका स्मरण करके रुक्मीको नहीं मारा। वे केवल अपने विद्याबलसे अग्नि तथा सर्पोंके समान भीषण रुक्मीके बाणोंका निवारण करते रहे। किन्तु उनकी अन्यान्य सेना नष्ट हो गयी ॥ ७ ॥ ८ ॥ दोनों पक्षोंकी सेनाओंके विनाशसे रणभूमिमें मांस और रक्तका कीचड़ भर गया। चारों ओर इतनी अधिक लाशें दिखायी देने लगीं कि उनकी गणना नहीं की जा सकती थी। उधर महारथी बलराम जरासन्धके ऊपर सर्पोंके समान भीषण बाणोंकी वर्षा करते हुए आगे बढ़ने लगे। वीर राजा जरासन्ध भी द्रुतगामी रथपर सवार होकर बलरामकी ओर बड़े वेगसे दौड़ा ॥ ९–११ ॥ समक्ष पहुँचकर वे दोनों परस्पर एक दूसरेको शस्त्रोंसे बींधने लगे। कुछ देर बाद दोनोंके शस्त्रास्त्र समाप्त हो गये। उनके रथ, घोड़े

पदातिभिः ॥ रथै रथा विमिश्राश्च योधा युयुधिरे नृप ॥ ५ ॥ जरासन्धस्य नृपते रामेणासीत्समागमः ॥ महेन्द्रस्येव वृत्रेण दारुणो रोमहर्षणः ॥ ६ ॥ अवेक्ष्य रुक्मिणीं कृष्णो रुक्मिणं न व्यपोथयत् ॥ ज्वलनार्कांशुसंकाशानाशीविषविषोपमान् ॥ ७ ॥ वारयामास कृष्णो वै शरांस्तस्य तु शिक्षया ॥ इत्येषां सुमहानासीद्बलौघानां परिक्षयः ॥ ८ ॥ उभयोः सेनयो राजन्मांसशोणितकर्दमः ॥ कबन्धानि समुत्तस्थुः सुबहूनि समन्ततः ॥ ९ ॥ तस्मिन्विमर्दे योधानां संख्यावृत्तिकराणि च ॥ रथी रामो जरासंधं शरैराशीविषोपमैः ॥ १० ॥ आवृण्वन्नभ्ययाद्वीरस्तं च राजा स मागधः ॥ अभ्यवर्तत वेगेन स्यन्दनेनाशुगामिना ॥ ११ ॥ अन्योन्यं विविधैरस्त्रैर्विद्ध्वा विद्ध्वा विनेदतुः ॥ तौ क्षीणशस्त्रौ विरथौ हताश्वौ हतसारथी ॥ गदे गृहीत्वा विक्रान्तावन्योन्यमभिधावताम् ॥ १२ ॥ कम्पयन्तौ भुवं वीरौ तावुद्यतगदावुभौ ॥ ददृशाते महात्मानौ गिरी सशिखराविव ॥ १३ ॥ व्युपारमन्त युद्धानि पश्यतां तौ महाभुजौ ॥ संरब्धावभिधावन्तौ गदायुद्धेषु विश्रुतौ ॥ १४ ॥ उभौ तौ परमाचार्यौ लोके ख्यातौ महाबलौ ॥ मत्ताविव गजौ युद्धे तावन्योन्यमयुध्यताम् ॥ १५ ॥ ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ समन्ततश्चाप्सरसः समाजग्मुः सहस्रशः ॥ १६ ॥ तद्देवयक्षगन्धर्वमहर्षिभिरलंकृतम् ॥ शुशुभेऽभ्यधिकं राजन्गणं ज्योतिर्गणैरिव ॥ १७ ॥ अभिदुद्राव रामं तु जरासन्धो महाबलः ॥ सव्यं मण्डलमाश्रित्य बलदेवस्तु दक्षिणम् ॥ १८ ॥ प्रहरन्तौ ततोऽन्योऽन्यं गदायुद्धविशारदौ ॥ दन्ताभ्यामिव मातङ्गौ नादयन्तौ दिशो

तथा सारथी भी नहीं रहे। तब वे दोनों अपनी-अपनी गदा ले-लेकर दौड़े ॥१२॥ उस समय पृथिवी काँपने लगी। उन दोनों वीरोंको देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि मानो शिखरवाले दो पर्वत परस्पर मिल रहे हैं ॥ १३ ॥ अब सब लोगोंके समक्ष उन दोनोंमें गदायुद्ध होने लगा। वे दोनों बड़े बलवान्, दोनों रणनिपुण और दोनों ही गदायुद्धमें विख्यात थे ॥ १४ ॥ दो मतवाले हाथियोंके समान उन दोनों वीरोंमें घमासान युद्ध होने लगा ॥ १५ ॥ उस समय असंख्य देवता, यक्ष, गन्धर्व, सिद्ध, परमर्षि और अप्सरायें चारों ओरसे युद्ध देखनेके लिए वहाँ आ उपस्थित हुईं ॥ १६ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो आकाशमण्डलमें नक्षत्र चमक रहे हैं ॥ १७ ॥ तभी जरासन्ध बलरामकी ओर अग्रसर हुआ। बलरामजी दक्षिण तथा जरासन्ध वाममण्डलका आश्रय लेकर प्रहार कर रहा था ॥ १८ ॥ उस समय ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो बड़े-बड़े दाँतोंवाले दो हाथी जूझ रहे हैं। उन दोनोंकी गदायें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

टकरानेके शब्दसे दसों दिशायें प्रतिध्वनित हो उठीं ॥ १९ ॥ जैसे हवा कितने भी जोरसे बहकर विंध्याचलको नहीं विचलित कर सकती, उसी प्रकार जरासन्धके गदाप्रहारसे गदायुद्ध-विशारद बलराम तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ २० ॥ २१ ॥ उधर मगधराज जरासन्ध अपने बल, धैर्य एवं विद्याबलसे बलरामके प्रबल प्रहारको सहता हुआ उसका प्रतीकार करने लगा ॥ २२ ॥ इस प्रकार वे दोनों शत्रुनाशन महावीर विचित्र प्रकारका मण्डल बाँधकर पैतरे बदलने लगे ॥२३॥ इस प्रकार देरतक भ्रमण करनेके कारण जब वे थक गये तो तनिक देर विश्राम करके वे पुनः परस्पर प्रहार करने लगे ॥ २४ ॥ वे दोनों रणविशारद वीर बहुत देरतक समानभावसे युद्ध करते रहे, पर उनमेंसे कोई किसीको परास्त नहीं कर सका ॥ २५ ॥ तदनन्तर बलरामने जरासन्धको गदायुद्धमें विशेष निपुण देखकर क्रोधपूर्वक गदा त्याग दी और मुसल लेकर आगे बढ़े ॥ २६ ॥ बलरामको भयानक मुसलास्त्र लेकर आते देख बड़े ही

दश ॥ १९ ॥ गदानिपातो रामस्य शुश्रुवेऽशनिनिःस्वनः ॥ जरासन्धस्य चरणे पर्वतस्येव दीर्यतः ॥ २० ॥ न स्म कम्पयते रामं जरासन्धकर-
च्युता ॥ गदा गदाभृतां श्रेष्ठं विन्ध्यं गिरिमिवानिलः ॥ २१ ॥ रामस्य तु गदावेगं वीर्यात्स मगधेश्वरः ॥ सेहे धैर्येण महता शिक्षया च व्यपोहयत्
॥ २२ ॥ एवं तौ तत्र संग्रामे विचरन्तौ महाबलौ ॥ मण्डलानि विचित्राणि विचेरतुररिन्दमौ ॥ २३ ॥ व्यायच्छन्तौ चिरं कालं परिश्रान्तौ च
तस्थतुः ॥ समाश्वास्य मुहूर्तं तु पुनरन्योन्यमाहताम् ॥ २४ ॥ एवं तौ योधमुख्यौ तु समं युयुधतुश्चिरम् ॥ न च तौ युद्धवैमुख्यमुभावेव प्रजग्मतुः
॥ २५ ॥ अथापश्यद्गदायुद्धे विशेषं तस्य वीर्यवान् ॥ रामः क्रुद्धो गदां त्यक्त्वा जग्राह मुसलोत्तमम् ॥ २६ ॥ तमुद्यन्तं तदा दृष्ट्वा मुसलं घोर-
दर्शनम् ॥ अमोघं बलदेवेन क्रुद्धेन तु महारणे ॥ २७ ॥ ततोऽन्तरिक्षे वागासीत्सुस्वरा लोकसाक्षिणी ॥ उवाच बलदेवं तं समुद्यतहलायुधम्
॥ २८ ॥ न त्वया राम वध्योऽयमलं खेदेन मागधे ॥ विहितोऽस्य मया मृत्युस्तस्मात्साधु व्युपारम ॥ अचिरेणैव कालेन प्राणांस्त्यक्ष्यति मागधः
॥ २९ ॥ जरासंधस्तु तच्छ्रुत्वा विमनाः समपद्यत ॥ न प्रजह्रे ततस्तस्मै पुनरेव हलायुधः ॥३०॥ तौ व्युपारमतां युद्धे वृष्णयस्ते च पार्थिवाः ॥
असक्तमभवद्युद्धं तेषामेवं सुदारुणम् ॥ ३१ ॥ दीर्घकालं महाराज निघ्नतामितरेतरम् ॥ पराजिते त्वपक्रांते जरासंधे महीपतौ ॥ ३२ ॥ अस्तं
याते दिनकरे नानुसस्रुस्तदा निशि ॥ समानीय स्वकं सैन्यं लब्धलक्ष्या महाबलाः ॥ ३३ ॥ पुरीं प्रविविशुर्हृष्टाः केशवेनाभिपालिताः ॥ खाच्च्यु-

मधुर स्वरमें यह आकाशवाणी हुई—'बलदेव ! जरासन्ध तुम्हारे हाथों नहीं मरेगा। अतएव इस विषयमें तुम क्रोध न करो। मैंने इसकी मृत्युका समय निश्चित कर दिया है। बहुत थोड़े ही समयमें इसकी मृत्यु हो जायगी। इसलिए अब तुम शान्त हो जाओ' ॥२८–२९॥ यह आकाशवाणी सुनकर जरासन्ध बहुत विषण्ण हुआ और बलदेवजीने भी फिर उसपर प्रहार नहीं किया ॥३०॥ अब वे दोनों वीर शान्त हो गये। तब सभी वृष्णिवंशी यादव तथा जरासन्धपक्षके अन्यान्य राजे युद्धसे अलग हो गये और वह भयंकर युद्ध समाप्त हो गया। इस प्रकार जरासन्ध पराजित होकर वहाँसे चल पड़ा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ उसी समय भगवान दिनकर अस्ताचलपर चले गये और रात आ गयी। अब उनमेंसे किसीने भी जरासन्धका अनुसरण नहीं किया। तदनन्तर भगवान कृष्णके द्वारा सुरक्षित वे विजयी वृष्णिवंशी वीर अपनी-अपनी सेना लेकर प्रसन्नतापूर्वक मथुरापुरीको लौट गये। युद्धके आरम्भमें जो-जो शस्त्र आकाशसे आये थे,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे सब अन्तर्धान हो गये ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ जरासन्ध भी बहुत ही खिन्न होकर अपने देशको लौटा और उसके साथवाले राजे अपने-अपने नगरको प्रस्थान कर दिये ॥३५॥ महाबली और परमपराक्रमी वृष्णिगण इस तरह जरासन्धको परास्त करके भी अपनेको विजयी नहीं समझ सके। क्योंकि जरासन्ध बहुत बड़ा वीर था ॥३६॥ वे महारथी यादव अठारह बार जरासन्धके साथ लड़े, किन्तु किसी भी तरह वे उसे नहीं मार सके ॥ ३७ ॥ जरासन्धकी सहायताके लिए वहाँ जो सेनायें एकत्र हुई थीं, गणनामें उनकी संख्या बीस अक्षौहिणी थी ॥ ३८ ॥ यादवोंकी सैन्यसंख्या दुर्बल देखकर जरासन्धने अन्यान्य राजाओंके साथ वृष्णियोंपर बार-बार आक्रमण किया ॥ ३९ ॥ किन्तु महारथी यादवोंने उसे रणमें सदा परास्त किया और बड़े आनन्दके साथ विहार करने लगे ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

तान्यायुधान्येवं तान्येवान्तर्दधुस्तदा ॥ ३४ ॥ जरासन्धोऽपि नृपतिर्विमनाः स्वपुरीं ययौ ॥ राजानश्चानुगा येऽस्य स्वराष्ट्राण्येव ते ययुः ॥ ३५ ॥ जरासन्धं तु ते जित्वा मेनिरे नैव निर्जितम् ॥ वृष्णयः कुरुशार्दूल राजा ह्यतिबलः स वै ॥ ३६ ॥ दश चाष्टौ च संग्रामाञ्जरासन्धस्य यादवाः ॥ ददुर्न चैनं समरे हन्तुं शेकुर्महाबलाः ॥ ३७ ॥ अक्षौहिण्यश्च तस्यासन् विंशतिश्च महामते ॥ जरासंधस्य नृपतेस्तदर्थं याः समागताः ॥ ३८ ॥ अल्पत्वादभिभूतास्तु वृष्णयो भरतर्षभ ॥ बार्हद्रथेन राजेन्द्र राजभिः सहितेन वै ॥ ३९ ॥ भूयः कृत्वोद्यमं प्रायाद्यादवान्कृष्णपालितान् ॥ जित्वा तु मागधं संख्ये जरासंधं महीपतिम् ॥ विहरन्ति स्म सुखिनो वृष्णिसिंहा महारथाः ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि जरासंधापयानं नाम सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कृष्णस्तत्र बलवान्रौहिणेयेन संगतः ॥ मथुरां यादवाधीनां पुरीं तां सुखमावसत् ॥ १ ॥ प्राप्तयौवनदेहस्तु युक्तो राजश्रिया विभुः ॥ चचार मथुरां प्रीतः सवनाकरभूषणाम् ॥ २ ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य राजा राजगृहेश्वरः ॥ सस्मार निहतं कंसं जरासंधः प्रतापवान् ॥ ३ ॥ युद्धाय योजितो भूयो दुहितृभ्यां महीपतिः ॥ दश सप्त च संग्रामाञ्जरासंधस्य यादवाः ॥ ४ ॥ ददुर्न चैनं समरे हन्तुं शेकुर्महारथाः ॥ ततो मागधराट् श्रीमांश्चतुरङ्गबलान्वितः ॥ ५ ॥ भूयोऽप्यष्टादशं कर्तुं संग्रामं स समारभत् ॥ वैलक्ष्यात्पुनरेवासौ राजा राजगृहेश्वरः ॥ ६ ॥ जरासंधो बली श्रीमान्पाकशासनविक्रमः ॥ स साधनेन महता बृहद्रथसुतो बली ॥ ७ ॥ कृष्णस्य वधमन्विच्छन्भूयो वै संन्यवर्तत ॥

(विकद्रुकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—महाराज! बलवान् युवक कृष्ण और बलराम दोनों यादवोंके साथ बड़े सुखसे वनों और आकरों (खानों) से विभूषित मथुरापुरीमें निवास करने लगे ॥ १ ॥ २ ॥ उधर कुछ दिनों बाद परम प्रतापी जरासन्धको कंसके वधकी बात फिर याद आयी ॥ ३ ॥ तभी उसकी दोनों पुत्रियोंने फिर उसे युद्धके लिए उत्तेजित किया। इस प्रकार जरासन्ध सत्रह बार युद्धभूमिमें उतरा, किन्तु महारथी यादव किसी तरह उसको नहीं मार सके। तदनन्तर इन्द्रतुल्य बलवान् मगधराज जरासन्ध कृष्णका वध करनेकी इच्छासे पुनः चतुरङ्गिणी सेनाके साथ अठारहवीं बार समरभूमिमें अवतीर्ण हुआ ॥ ४-७ ॥ जरासन्धको सदलबल पुनः लौटा देखकर यादववीर उससे भय-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भीत होकर परस्पर मंत्रणा करने लगे ॥ ८ ॥ उन यादवोंमें नीतिविशारद और महातेजस्वी विकद्रुने उग्रसेनके समक्ष कमललोचन कृष्णभगवानको सम्बोधित करके कहा—वत्स गोविन्द ! यह उपयुक्त अवसर है। इसी कारण मैं इस समय यदुवंशियोंकी उत्पत्तिका वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए। बादमें यदि मेरी बात ठीक जँचे तो उसीके अनुसार सब कार्य करिएगा। इसके पहले ही आत्मतत्त्वविशारद वेदव्यासने यदुवंशकी उत्पत्तिके विषयमें मुझसे कहा था कि मनुवंशमें इक्ष्वाकुपुत्र हर्यश्वनामसे विख्यात अति रूपवान् तथा इन्द्रके तुल्य पराक्रमी एक राजा था। मधु दैत्यकी कन्या उसकी प्रियतमा भार्या थी ॥९-१३॥ उसका मधुमती नाम था और वह इन्द्राणीके समान सुन्दरी थी। उस समय इस पृथिवीपर मधुमती जैसी सुन्दरी और कोई भी स्त्री नहीं थी। वह राजा हर्यश्वकी सब इच्छायें पूर्ण करनेवाली स्त्री उसे प्राणोंसे भी अधिक प्रिय थी ॥ १४ ॥ यौवनसम्पन्ना, कमललोचना, दानवेन्द्रकुलमें उत्पन्न रतिस्वरूपा, निवि-

तं श्रुत्वा सहिताः सर्वे निवृत्तं मगधेश्वरम् ॥ यादवा मन्त्रयामासुर्जरासंधभयार्दिताः ॥८॥ ततः प्राह महातेजा विकद्रुर्नयकोविदः ॥ कृष्णं कमलपत्राक्षमुग्रसेनस्य शृण्वतः ॥ ९ ॥ श्रूयतां तात गोविन्द कुलस्यास्य समुद्भवः ॥ श्रूयतामभिधास्यामि प्राप्तकालमहं ततः ॥ १० ॥ युक्तं चेन्मन्यसे साधो करिष्यसि वचो मम ॥ यादवस्यास्य वंशस्य समुद्भवमशेषतः ॥ ११ ॥ यथा मे कथितः पूर्वं व्यासेन विदितात्मना ॥ आसीद्राजा मनोर्वंशे श्रीमानिक्ष्वाकुसंभवः ॥ १२ ॥ हर्यश्व इति विख्यातो महेन्द्रसमविक्रमः ॥ तस्यासीद्दयिता भार्या मधोर्दैत्यस्य वै सुता ॥ १३ ॥ देवी मधुमती नाम यथेन्द्रस्य शची तथा ॥ सा यौवनगुणोपेता रूपेणाप्रतिमा भुवि ॥ मनोरथकरी राज्ञः प्राणेभ्योऽपि गरीयसी ॥ १४ ॥ दानवेन्द्रकुले जाता सुश्रोणी कामरूपिणी ॥ एकपत्नीव्रतधरा खेचरा रोहिणी यथा ॥ १५ ॥ सा तमिक्ष्वाकुशार्दूलं कामयामास कामिनी ॥ स कदाचिन्नृपश्रेष्ठ भ्रात्रा ज्येष्ठेन माधव ॥१६॥ राज्यान्निरस्तो विश्वस्तः सोऽयोध्यां संपरित्यजत् ॥ स तदाऽल्पपरीवारः प्रियया सहितो वने ॥ १७ ॥ रेमे समेत्य कालज्ञः प्रोवाच कमलेक्षणः ॥ भ्रात्रा विनिष्कृतं राज्यात्प्रोवाच कमलेक्षणा ॥ १८ ॥ एह्यागच्छ नरश्रेष्ठ त्यज राज्यकृतां स्पृहाम् ॥ गच्छावः सहितौ वीर मधोर्मम पितुर्गृहम् ॥ १९ ॥ रम्यं मधुवनं नाम कामपुष्पफलद्रुमम् ॥ सहितौ तत्र रंस्यावो यथा दिवि गतौ तथा ॥ २० ॥ पितुर्मे दयितस्त्वं हि मातुर्मम च पार्थिव ॥ मत्प्रियार्थं प्रियतरो भ्रातुश्च लवणस्य वै ॥ २१ ॥ रंस्यावस्तत्र सहितौ राज्यस्थाविव कामगौ ॥ तत्र गत्वा नरश्रेष्ठ ह्यमराविव

डनितम्बिनी एवं कामरूपिणी वह नारी आकाशचारिणी रोहिणीके समान पतिव्रता थी ॥१५॥ मधुमती भी राजा हर्यश्वके सिवाय और किसीको नहीं चाहती थी। एक बार हर्यश्वके ज्येष्ठ भ्राताने उसे राज्यसे बाहर निकाल दिया। तब उसने थोड़ेसे परिजनों तथा अपनी प्रियतमा मधुमतीके साथ अयोध्या त्यागकर वनमें जानेका विचार किया ॥ ६॥१७॥ तदनुसार देश-कालकी अवस्थासे अभिज्ञ वह कमलनयन राजा वनोंमें जाकर विहार करने लगा। एक दिन भाईके द्वारा निर्वासित राजा हर्यश्वसे उस कमलनयनी सुन्दरीने कहा—॥ १८ ॥ राजन् ! अब आप राज्यकी आशा त्याग दीजिए। हे वीर ! आइए, हम अपने पिता मधुके यहाँ चलें ॥१९॥ उसकी राजधानी मधुवन बहुत ही रमणीक स्थान है। वहाँ मनोहर वृक्ष हैं और फल-पुष्पों-की बहुलता है। वहाँपर हम लोग अनायास स्वर्गीय सुख भोगते हुए जीवनयापन करेंगे ॥२०॥ मेरे माता-पिता आपको अत्यधिक स्नेह करते हैं। हमारे प्रेमपात्र होनेके कारण लवणासुर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मी आपका विशेष ध्यान रखेगा। वहाँ हम अपने ही राज्यकी तरह नन्दनवनगत अप्सराओंके जोड़ेकी तरह सुखसे विचरेंगे। अब आपको भाईकी परवशतामें रहनेकी आवश्यकता नहीं है। वे नितान्त अभिमानी, राज्यमदसे मत्त और हमारे सदाके विद्वेषी हैं। इस प्रकार भृत्यकी तरह पराश्रित जीवनको धिक्कार है ॥ २१–२४ ॥ अतएव चलिए, हमलोग साथ-साथ अपने पिताके घर चलें। हे राजन्! अपने ज्येष्ठ भ्रातापर हर्यश्वकी आसाधारण श्रद्धा थी, किन्तु कामार्त होनेके कारण उसने पत्नीकी बात मान ली और तत्काल वे दोनों मधुराको प्रस्थान कर दिये ॥ २५ ॥ २६ ॥ वहाँ पहुँचनेपर दानवेन्द्र मधुने बड़े आदरके साथ उनसे कुशल-क्षेम पूछा और कहा––वत्स! तुम्हा स्वागत है। मैं तुम्हें देखकर बहुत प्रसन्न हूँ ॥ २७ ॥ मधुवनको छोड़कर मैं तुम्हें अपना सारा राज्य दे रहा हूँ। तुम यहाँ आनन्दपूर्वक निवास करो ॥२८॥ इस वनमें लवण सदा तुम्हारी सहायता करेगा। जब कभी तुम्हें शत्रुरूपी

नन्दने ॥ २२ ॥ भद्रं ते विहरिष्यावो यथा देवपुरे तथा ॥ तं त्यजाव महाराज भ्रातरं तेऽभिमानिनम् ॥ २३ ॥ आवयोर्द्वेषिणं नित्यं मत्तं राज्य-मदेन वै ॥ धिगिमं गर्हितं वासं भृत्यवच्च पराश्रयम् ॥ २४ ॥ गच्छावः सहितौ वीर पितुर्मे भवनान्तिकम् ॥ तस्य सम्यक्प्रवृत्तस्य पूर्वजं भ्रातरं प्रति ॥ २५ ॥ कामार्तस्य नरेन्द्रस्य पत्न्यास्तद्रुरुचे वचः ॥ ततो मधुपुरं राजा हर्यश्वः स जगाम ह ॥ २६ ॥ भार्यया सह कामिन्या कामी पुरुषपुङ्गवः ॥ मधुना दानवेन्द्रेण स नाम्ना समुदाहृतम् ॥ स्वागतं वत्स हर्यश्व प्रीतोऽस्मि तव दर्शनात् ॥ २७ ॥ यदेतन्मम राज्यं वै सर्वं मधुवनं विना ॥ ददामि तव राजेन्द्र वासश्च प्रतिगृह्यताम् ॥ २८ ॥ वनेऽस्मिँल्लवणश्चायं सहायस्ते भविष्यति ॥ अमित्रनिग्रहे चैव कर्णधारत्वमेष्यति ॥ २९ ॥ पालयैनं शुभं राष्ट्रं समुद्रानूपभूषितम् ॥ गोसमृद्धं श्रिया जुष्टमाभीरप्रायमानुषम् ॥ ३० ॥ अत्र ते वसतस्तात दुर्गं गिरिपुरं महत् ॥ भविता पार्थिवावासः सुराष्ट्रविषयो महान् ॥ ३१ ॥ अनूपविषयश्चैव समुद्रान्ते निरामयः ॥ आनर्त्तं नाम ते राष्ट्रं भविष्यत्यायतं महत् ॥ ३२ ॥ तद्भविष्यमहं मन्ये कालयोगेन पार्थिव ॥ अध्यास्यतां यथाकालं पार्थिवं वृत्तमुत्तमम् ॥ ३३ ॥ यायातमपि वंशस्ते समेष्यति च यादवम् ॥ अनुवंशं च वंशस्ते सोमस्य भविता किल ॥३४॥ एष मे विभवस्तात तमेवं विषयोत्तमम् ॥ दत्त्वा यास्यामि तपसे तपसे सागरं लवणालयम् ॥३५॥ लवणेन समायुक्तस्त्वमिमं विषयोत्तमम् ॥ पालयस्वाखिलं तात स्वस्य वंशस्य वृद्धये ॥ ३६ ॥ बाढमित्येव हर्यश्वः प्रतिजग्राह तत्पुरम् ॥ स च दैत्यस्तपोवासं

समुद्रमें अवतरण करनेकी आवश्यकता पड़ेगी, तब लवण कर्णधारका काम करेगा ॥ २९ ॥ सो तुम समुद्र तथा अन्यान्य जलाशयविभूषित इस रमणीय राज्यका प्रतिपालन करो। गौओं और गोपोंसे संकुल यह राज्य बहुत ही सुन्दर है ॥ ३० ॥ यहाँ रहते-रहते धीरे-धीरे यह विस्तृत गिरिपुरं तुम्हारी राजधानीके रूपमें परिणत हो जायगा ॥३१॥ गिरिपुर समुद्रके तटपर है। यहाँ जलकी अधिकता है और आपत्तियोंका अभाव है। मुझे विश्वास है कि तुम्हारा यह राज्य आगे चलकर आनर्त नामसे विख्यात हो जायगा ॥ ३२ ॥ तुम समयके अनुसार उच्च-कोटिके राज्यव्यवहारका अवलम्बन करना ॥ ३३ ॥ तुम्हारा वंश ययातिपुत्र यदुके वंशमें सम्मिलित हो जानेके कारण चन्द्रवंशके नामसे विख्यात होगा ॥ ३४ ॥ अब मैं अपना सारा वैभव तुम्हें अर्पण करके तपस्या करनेके लिए वरुणदेवके निवासस्थान समुद्रमें चला जाऊँगा ॥ ३५ ॥ तुम अपने वंशका विस्तार करनेके लिए लवणके साथ रहते हुए समस्त राज्यका

५४

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रतिपालन करो ॥ ३६ ॥ तब हर्यश्वने मधुकी बात मान ली और उस विस्तृत नगरको ग्रहण कर लिया। उधर दैत्यप्रवर मधु तपस्या करनेके लिए महासागरको चला गया ॥३७॥ देव-तुल्य तेजस्वी हर्यश्वने अपने निवासके लिए पर्वतके ऊपर आनर्त नामका एक बहुत ही उत्तम नगर बसाया ॥३८॥ बहुत अल्प समयमें ही आनर्त राज्य गोधनसे परिपूर्ण और समृद्धिशाली हो उठा ॥ ३९ ॥ प्रजाजनोंका आनन्दवर्द्धक और परमयशस्वी राजा हर्यश्व राजधर्मके अनुसार जलाशयपरिपूर्ण, वेला (समुद्रतट) और वनोंसे विभूषित, क्षेत्रशस्यबहुल, प्राचीर और ग्राम-परिपूर्ण उस सुसमृद्ध राज्यका शासन करने लगा ॥ ४० ॥ ४१ ॥ उस राजाके आचार-व्यवहार तथा महत्त्वसे वह राज्य धीरे-धीरे दुर्ग एवं मार्गोंके निर्माणसे सुदृढ़ हो उठा ॥ ४२ ॥ इस प्रकार उत्तम राजनीतिके अनुसार शासनकार्य करनेके कारण महारानी लक्ष्मी क्रमशः उसकी वशवर्तिनी होने लग गयीं ॥ ४३ ॥ कुछ दिनों बाद राजा हर्यश्वको पुत्रकी कामना

जगाम वरुणालयम् ॥ ३७ ॥ हर्यश्वश्च महातेजा दिव्ये गिरिवरोत्तमे ॥ निवेशयामास पुरं वासार्थममरोपमः ॥ ३८ ॥ आनर्तं नाम तद्राष्ट्रं सुराष्ट्रं गोधनायुतम् ॥ अचिरेणैव कालेन समृद्धं प्रत्यपद्यत ॥३९॥ अनूपविषये चैव वेलावनविभूषितम् ॥ विचित्रं क्षेत्रसस्याढ्यं प्राकारग्रामसंकुलम् ॥४०॥ शशास नृपतिः स्फीतं तद्राष्ट्रं राष्ट्रवर्धनः ॥ राजधर्मेण यशसा प्रजानां नन्दिवर्द्धनः ॥ ४१ ॥ तस्य सम्यक्प्रचारेण हर्यश्वस्य महात्मनः ॥ व्यवर्द्धत तदक्षोभ्यं राष्ट्रं राष्ट्रगुणैर्युतम् ॥ ४२ ॥ स हि राजा स्थितो राज्ये राजवृत्तेन शोभितः ॥ प्राप्तः कुलोचितां लक्ष्मीं वृत्तेन च नयेन च ॥ ४३ ॥ तस्यैव च सुवृत्तस्य पुत्रकामस्य धीमतः ॥ मधुमत्यां सुतो जज्ञे यदुर्नाम महायशाः ॥ ४४ ॥ सोऽवर्द्धत महातेजा यदुर्दुन्दुभिनिस्वनः ॥ राजल-क्षणसंपन्नः सपत्नैर्दुरतिक्रमः ॥ ४५ ॥ यदुर्नामाभवत्पुत्रो राजलक्षणपूजितः ॥ यथाऽस्य पूर्वजो राजा पुरुः स सुमहायशाः ॥ ४६ ॥ स एक एव तस्यासीत्पुत्रः परमशोभनः ॥ ऊर्जितः पृथिवीभर्ता हर्यश्वस्य महात्मनः ॥ ४७ ॥ दश वर्षसहस्राणि स कृत्वा राज्यमव्ययम् ॥ जगाम त्रिदिवं राजा धर्मेणाप्रतिमो भुवि ॥ ४८ ॥ ततो यदुरदीनात्मा प्रजाभिस्त्वभ्यषिच्यत ॥ पितर्युपरते श्रीमान्क्रमेणार्क इवोदितः ॥ ४९ ॥ शशास चेमां वसुधां प्रशान्तभयतस्कराम् ॥ यदुरिन्द्रप्रतीकाशो नृपो येनास्म यादवाः ॥ ५० ॥ स कदाचिन्नृपश्चक्रे जलक्रीडां महोदधौ ॥ दारैः सह गुणोदारैः

हुई तो मधुमतीके गर्भसे महायशस्वी यदुका जन्म हुआ ॥ ४४ ॥ यदुके जन्म लेते ही दुन्दुभी बजने लगी थी। सभी राजोचित लक्षणोंसे सम्पन्न, शत्रुओंसे दुर्जय और सुकुमार वह नृपबालक दिन-दिन बढ़ने लगा ॥ ४५ ॥ उसके पूर्वज महाराज पूरु जिस प्रकार यशस्वी और सुलक्षण थे। उसी प्रकार उस बालक यदुमें भी सभी राजसी सुलक्षण विद्यमान थे ॥ ४६ ॥ महात्मा राजा हर्यश्वके एकमात्र यही परमसुन्दर और भविष्यमें राजा होने योग्य पुत्र था ॥ ४७ ॥ राजा हर्यश्व धर्मपूर्वक एक हजार वर्षतक राज्य करके स्वर्गलोक चले गये ॥ ४८ ॥ तदनन्तर प्रजाजनोंने उन्हीं उत्साही राजकुमार यदुको राज्यपदपर अभिषिक्त कर दिया। वे धीरे-धीरे उदित दिवाकरके समान प्रदीप्त भाव धारण करके पृथिवीका शासन करने लगे। महाराज यदुके शासनकालमें चोरों आदिका भय सर्वथा लुप्त हो गया। इन्द्रसदृश वीर महाराज यदुसे ही क्रमशः इन यादवोंकी वृद्धि हुई ॥ ४९ ॥ ५० ॥ तारिकाओंसे परिवेष्टित चन्द्रमाके समान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुन्दर महाराज यदु एक दिन अपना स्त्रियोंके साथ समुद्रमें जलक्रीड़ा कर रहे थे ॥ ५१ ॥ उसी समय सर्पराज धूम्रवर्ण सहसा बलपूर्वक उन्हें पकड़कर अपनी पुरीमें ले गया। महाराजने उस नगरमें पहुँचकर देखा कि भूतलपर जिस प्रकार नगर बसे हुए हैं, उसी प्रकार रसातलमें भी सर्पपुर विद्यमान है। वहाँपर सभी भवनोंमें मणिमय स्तम्भ थे और चारों ओर मोतियोंकी झालरें लटक रही थीं ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ सब तरफ श्वेतवर्णके शंख छितराये पड़े थे। वहाँके भवनोंमें रत्नराशियाँ विद्यमान दीखती थीं। पत्र, पुष्प तथा पल्लवविभूषित वृक्ष लगे हुए थे ॥ ५४ ॥ बीच-बीचमें चन्द्रमाकी तरह शुभ्रवर्णके स्वर्णमय स्वस्तिक बने हुए थे। समुद्रके गर्भमें विहार करनेवाली सर्पवधुओंसे वह पुरी भरी हुई थी ॥ ५५ ॥ महाराज यदुने समुद्रके विमल जलमें सर्पोंके नगरको इस तरह सुन्दर देखा कि मानो वह जलमें न रहकर धरतीपर ही बसा हुआ है ॥ ५६ ॥ वे बड़ी प्रसन्नताके साथ सर्पवधुओंसे परिपूर्ण नागराजके अगाध

सतार इव चन्द्रमाः ॥ ५१ ॥ स तत्र सहसा क्षिप्तस्तितीर्षुः सागराम्भसि ॥ धूम्रवर्णेन नृपतिः सर्पराजेन वीर्यवान् ॥ ५२ ॥ सोऽपकृष्यत वेगेन जले सर्पपुरं महत् ॥ मणिस्तम्भगृहद्वारं मुक्तादामविभूषितम् ॥ ५३ ॥ कीर्णं शङ्खकुलैः शुभ्रै रत्नराशिविभूषितम् ॥ प्रवालाङ्कुरपत्राढ्यैः पादपैरुपशोभितम् ॥ ५४ ॥ कीर्णं पन्नगनारीघैः समुद्रोदरवासिभिः ॥ स्वर्णवर्णेन भास्वन्तं स्वस्तिकेनेन्दुवर्चसम् ॥ ५५ ॥ स तं ददर्श राजेन्द्रो विमले सागराम्भसि ॥ पन्नगेन्द्रपुरं तोये जगत्यामिव निर्मितम् ॥ ५६ ॥ स्वच्छं चैव पुरं तत्र प्रविवेश नृपो यदुः ॥ अगाधं तोयदाकारं पूर्णं सर्पवधूगणैः ॥ ५७ ॥ तस्य दत्तं मणिमयं जलजं परमासनम् ॥ स्वास्तीर्णं पद्मपत्रैश्च पद्मसूत्रोत्तरच्छदम् ॥ ५८ ॥ तमासीनं नृपं तत्र परमे पन्नगासने ॥ द्विजिह्वपतिरव्यग्रो धूम्रवर्णोऽभ्यभाषत ॥ ५९ ॥ पिता ते स्वर्गतिं प्राप्तः कृत्वा वंशमिमं महत् ॥ भवन्तं तेजसा युक्तमुत्पाद्य वसुधाधिपम् ॥ ६० ॥ यादवानामयं वंशस्त्वन्नाम्ना यदुपुङ्गव ॥ पित्रा ते मङ्गलार्थाय स्थापितः पार्थिवाकरः ॥ ६१ ॥ वंशे चास्मिंस्तव विभो देवानां तनयाव्ययाः ॥ ऋषीणामुरगाणां च उत्पत्स्यन्ते नृयोनिजाः ॥ ६२ ॥ तन्ममेमाः सुताः पञ्च कुमार्यो वृत्तसंमताः ॥ उत्पन्ना यौवनाश्वस्य भगिन्यां नृपसत्तम ॥ ६३ ॥ प्रतीच्छेमाः स्वधर्मेण प्राजापत्येन कर्मणा ॥ वरं च ते प्रदास्यामि वरार्हस्त्वं मतो मम ॥ ६४ ॥ भौमाश्च कुकुराश्चैव भोजाश्चान्धक-

मेघसदृश भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ५७ ॥ उनको बैठनेके लिए कमलपत्र बिछे और मृणालतन्तुओंके उत्तरच्छद (चादर) से आच्छादित एक मणिमय पद्मासन मिला ॥ ५८ ॥ जब महाराज यदु उस उत्तम आसनपर बैठ गये, तब सर्पराज धूम्रवर्णने उन्हें सम्बोधित करके कहा—॥ ५९ ॥ राजन्! आपके पिता आप जैसे एकमात्र वंशधर तथा तेजस्वी पुत्रको उत्पन्न करके वंशका विस्तार करते हुए स्वर्गगामी हुए हैं ॥ ६० ॥ जिस तरह यह वंश आपके नामसे विख्यात हो, वे ऐसी व्यवस्था कर गये हैं ॥ ६१ ॥ हे विभो! आपके कुलमें देवपुत्र, ऋषिपुत्र एवं नागतनय मनुष्यरूपमें उत्पन्न होंगे ॥ ६२ ॥ युवनाश्वतनय मान्धाताकी बहिनके गर्भसे ये सुशीला और सुकुमारी पाँच कन्यायें उत्पन्न हुई हैं ॥ ६३ ॥ आप अपने धर्मके अनुसार विवाहविधिसे इन पाँचोंका पाणिग्रहण कर लीजिए। मैं आपको वरदान भी दूँगा। क्योंकि आप इसके अधिकारी हैं ॥ ६४ ॥ भविष्यमें आपका कुल भौम, कुकुर, भोज, अन्धक, यादव,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दाशार्ह और वृष्णि इन सात नामोंसे विख्यात होगा ॥६५॥ तदनन्तर पन्नगपुङ्गव धूम्रवर्णने अपनी कन्याओंके समक्ष महाराज यदुको वरदान देते हुए कहा—वत्स ! मेरी इन पाँचों कन्याओं द्वारा मातृ-पितृगुणसे सम्पन्न पाँच पुत्र उत्पन्न होंगे ॥ ६६–६८ ॥ मेरे वरदानके प्रभावसे वे पाँचों पुत्र जलचारी तथा इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले राजाके रूपमें परिणत हो जायँगे ॥ ६९ ॥ तब महाराज यदु उन पञ्चकन्याओं तथा नागराजसे वर प्राप्त करके जलके भीतरसे उसी प्रकार बाहर निकले, जैसे चन्द्रमा जलसे बाहर निकलते हैं ॥ ७० ॥ उन पाँचों कन्याओंके मध्यमें विराजमान महाराज यदु ऐसे लगे, मानो पाँच तारिकाओंसे परिवेष्टित चन्द्रदेव विद्यमान हों ॥७१॥ अपनी राजधानीमें पहुँचकर वे उसी वैवाहिक वेशमें माला-चन्दन आदिसे विभूषित होकर अन्तःपुरमें विचरने लगे ॥७२॥ इस प्रकार नृपवर यदु पिताके वियोगसे दुःखिनी उन पाँचों कन्याओंको आश्वासन देकर उनके साथ अपनी राजधानी लौट आये और बड़े

यादवाः ॥ दाशार्हा वृष्णयश्चेति ख्यातिं यास्यन्ति सप्त ते ॥ ६५ ॥ स तस्मै धूम्रवर्णो वै कन्याः कन्याव्रते स्थिताः ॥ जलपूर्णेन योगेन ददाविन्द्रसमाय वै ॥ ६६ ॥ वरं चास्मै ददौ प्रीतः स वै पन्नगपुङ्गवः ॥ श्रावयन्कन्यकाः सर्वा यथाक्रममदीनवत् ॥ ६७ ॥ एतासु ते सुताः पञ्च सुतासु मम मानद ॥ उत्पत्स्यन्ते पितुस्तेजो मातुश्चैव समाश्रिताः ॥ ६८ ॥ अस्मत्समयबद्धाश्च सलिलाभ्यन्तरेचराः ॥ तव वंशे भविष्यन्ति पार्थिवाः कामरूपिणः ॥ ६९ ॥ स वरं कन्यकाश्चैव लब्ध्वा यदुवरस्तदा ॥ उदतिष्ठत वेगेन सलिलाच्चन्द्रमा इव ॥ ७० ॥ स पञ्चकन्यामध्यस्थो ददृशे तत्र पार्थिवः ॥ पञ्चतारेण संयुक्तो नक्षत्रेणेव चन्द्रमाः ॥ ७१ ॥ स तदन्तःपुरं सर्वं ददर्श नृपसत्तमः ॥ वैवाहिकेन वेषेण दिव्यस्रगनुलेपनः ॥ ७२ ॥ समाश्वास्य च ताः सर्वाः सपत्नीः पावकोपमाः ॥ जगाम स्वपुरं राजा प्रीत्या परमया युतः ॥ ७३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि विकद्रुवाक्यं नाम अष्टत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स तासु नागकन्यासु कालेन महता नृपः ॥ जनयामास विक्रान्तान्पञ्च पुत्रान्कुलोद्वहान् ॥ १ ॥ मुचुकुन्दं महाबाहुं पद्मवर्णं तथैव च ॥ माधवं सारसं चैव हरितं चैव पार्थिवम् ॥ २ ॥ एतान्पञ्च सुतान्राजा पञ्चभूतोपमान्भुवि ॥ ईक्षमाणो नृपः प्रीतिं जगामातुलविक्रमः ॥ ३ ॥ ते प्राप्तवयसः सर्वे स्थिताः पञ्च यथाऽद्रयः ॥ तेजसा बलदर्पाभ्यामूचुः पितरमग्रतः ॥ ४ ॥ तात युक्ताः स्म वयसा बले महति

आनन्दके साथ जीवनयापन करने लगे ॥ ७३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पाण्डेयरामतेजशास्त्रिकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

(विकद्रु द्वारा यदुवंशका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! बहुत समय बाद उन पाँचों नागकन्याओं द्वारा महाराज यदुने यदुवंशकी शोभा बढ़ानेवाले पाँच पुत्र उत्पन्न किये ॥ १ ॥ उनके नाम थे—मुचुकुन्द, पद्मवर्ण, माधव, सारस और हरित ॥२॥ पञ्चभूतोंके समान उपकारी अपने पाँचों पुत्रोंको देखकर अतुलित पराक्रमी महाराज यदुको बड़ा हर्ष हुआ ॥ ३ ॥ जब वे पाँचों वयस्क हो गये और उन्हें लौकिक व्यवहारका ज्ञान हो गया, तब पाँच पर्वतोंकी तरह वे अपने पिताके समक्ष खड़े होकर बलजनित उत्साहसे दर्पपूर्ण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शब्दोंमें बोले—॥ ४ ॥ पिताजी ! अब हम युवा और बलवान् हो गये हैं। हमें क्या काम करना होगा सो शीघ्र आज्ञा दीजिए ॥ ५ ॥ यह सुनकर नृपशार्दूल महाराज यदु शार्दूल (बाघ) की तरह पराक्रमी अपने पुत्रोंको सम्बोधित करके प्रेमपूर्वक बोले—॥ ६ ॥ वत्स मुचुकुन्द ! तुम यत्नपूर्वक विन्ध्य और ऋक्षवान् पर्वतपर दो नगरियाँ बसाओ ॥ ७ ॥ वत्स पद्मवर्ण ! तुम शीघ्र सह्यपर्वतके ऊपर उसके दक्षिणी छोरपर एक पुरीका निर्माण करो ॥ ८ ॥ वत्स सारस ! तुम भी उसी पर्वतके पश्चिमी छोरपर चम्पकवनसे विभूषित किसी रमणीक प्रदेशमें एक मनोहर नगर बसाओ ॥ ९ ॥ हरित ! तुम हरे रंगके जलवाले समुद्रके भीतर जाकर सर्पराज धूम्रवर्णके द्वीपका परिपालन करो ॥ १० ॥ महाबाहु माधव सर्वज्येष्ठ, श्रेष्ठ तथा धर्मात्मा हैं। अतएव वे युवराज-पदपर अभिषिक्त होकर मेरी पुरीका प्रतिपालन करें ॥ ११ ॥ पिताके ऐसा आदेश देनेपर लोकपाल सदृश तेजस्वी वे चारों राजकुमार राज्यपदपर

संस्थिताः ॥ क्षिप्रमाज्ञप्तुमिच्छामः किं कुर्मस्तव शासनात् ॥ ५ ॥ स तान्नृपतिशार्दूलः शार्दूलानिव वेगितान् ॥ प्रीत्या परमया प्राह सुतान्वीर्य-
कुतूहलात् ॥ ६ ॥ विन्ध्यर्क्षवन्तावभितादृद्धे पुर्यौ पर्वताश्रये ॥ निवेशयतु यत्नेन मुचुकुन्दः सुतो मम ॥ ७ ॥ सह्यस्य चोपरिष्टात्तु दक्षिणां दिश-
माश्रितः ॥ पद्मवर्णोऽपि मे पुत्रो निवेशयतु मा चिरम् ॥ ८ ॥ तत्रैव परतः कान्ते देशे चम्पकभूषिते ॥ सारसो मे पुरं रम्यं निवेशयतु पुत्रकः
॥ ९ ॥ हरितोऽयं महाबाहुः सागरे हरितोदके ॥ द्वीपं पन्नगराजस्य सुतो मे पालयिष्यति ॥ १० ॥ माधवो मे महाबाहुर्ज्येष्ठपुत्रश्च धर्मवित् ॥
यौवराज्येन संयुक्तः स्वपुरं पालयिष्यति ॥ ११ ॥ सर्वे नृपश्रियं प्राप्ता अभिषिक्ताः सचामराः ॥ पित्राऽनुशिष्टाश्चत्वारो लोकपालोपमा नृपाः
॥१२॥ स्वं स्वं निवेशनं सर्वे भेजिरे नृपसत्तमाः ॥ पुरस्थानानि रम्याणि मृगयन्तो यथाक्रमम् ॥१३॥ मुचुकुन्दश्च राजर्षिर्विन्ध्यमध्यमरोचयत् ॥
स्वस्थानं नर्मदातीरे दारुणोपलसंकटे ॥ १४ ॥ स च तं शोधयामास विविक्तं च चकार ह ॥ सेतुं चैव समं चक्रे परिखाश्चामितोदकाः ॥ १५ ॥
स्थापयामास भागेषु देवतायतनान्यपि ॥ रथ्या वीथीर्नृणां मार्गांश्चत्वराणि वनानि च ॥ १६ ॥ स तां पुरीं धनवतीं पुरुहूतपुरीप्रभाम् ॥ नाति-
दीर्घेण कालेन चकार नृपसत्तमः ॥ १७ ॥ नाम चास्याः शुभं चक्रे निर्मितं स्वेन तेजसा ॥ तस्या पुर्या नृपश्रेष्ठो देवश्रेष्ठपराक्रमः ॥ १८ ॥
महाश्मसंघातवती ऋक्षवन्तमुपाश्रिता ॥ माहिष्मती नाम पुरी प्रकाशमुपयास्यति ॥ १९ ॥ उभयोर्विन्ध्ययोः पादे नगयोस्तां महापुरीम् ॥ मध्ये

अभिषिक्त हो और छत्र-चमर आदि राजोचित उपकरण प्राप्त करके अपने-अपने भवनोंको चले गये। तदनन्तर क्रमशः अपने नगरका निर्माण करनेके लिए उपयुक्त स्थान खोजते-खोजते राजर्षि मुचुकुन्दने नर्मदा नदीके तटपर विन्ध्याचलके दारुण शिलामय प्रदेशमें अपना नगर बसानेका निश्चय किया ॥ १२–१४ ॥ उनके प्रयत्नसे वहाँकी जमीन समतल और परिष्कृत हो गयी। चारों ओर पुल, अगाध जलसे भरी खाईं, अधिकाधिक मनुष्योंके आवागमन योग्य विस्तृत राजपथ, चौराहे, उपवन और स्थान-स्थानपर देवमन्दिर बन गये ॥ १५ ॥ १६ ॥ महाराज मुचुकुन्दके उद्योगसे बहुत थोड़े दिनोंमें ही वह नगरी गौ तथा धन-धान्यसे परिपूर्ण एवं पताकाओंसे सुशोभित होकर इन्द्रपुरीके समान सुन्दर बन गयी ॥ १७ ॥ बादमें इन्द्र-तुल्य पराक्रमी महाराज मुचुकुन्दने विन्ध्याचलके ऊपर अत्यधिक पथरीले प्रदेशमें जिस पुरीका निर्माण किया था, उसका 'माहिष्मतीपुरी' नाम रक्खा ॥ १८ ॥ १९ ॥ विन्ध्य और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऋक्षवान् पर्वतकी तराईमें परम सुन्दर तथा इन्द्रपुरीके समान दिव्य जिस विशाल पुरीका निर्माण हुआ, उसका 'पुरिका' नाम पड़ा। पुरिकामें सैकड़ों बगीचे थे और बहुतेरे सुसमृद्ध बाजार तथा चौराहे विद्यमान थे ॥ २० ॥ २१ ॥ वह पुरिका ऋक्षवान् पर्वतके निचले प्रदेशमें बसायी गयी थी ॥ २२ ॥ प्रबल प्रतापी और धर्मात्मा मुचुकुन्द राजधर्मके अनुसार उन दोनों पुरियोंका प्रतिपालन करने लगे ॥ २३ ॥ राजर्षि पद्मवर्णने सह्यपर्वतके ऊपर वृक्षों और लताओंसे परिपूर्ण वेणानदीके तटपर एक उत्तम नगरका निर्माण किया ॥ २४ ॥ उनके राज्यका विस्तार साधारण था। अतएव उन्होंने सारे राज्यको प्राचीर (चहारदीवारी) से घेर दिया ॥ २५ ॥ उस नगरके निर्माणकी प्रणाली विश्वकर्माके सदृश थी। उस जनपदका नाम पद्मावत तथा नगरका नाम करवीर था।.२६॥ महाराज सारसने जिस नगरका निर्माण किया, उसका नाम क्रौञ्चपुर था। वहाँ चम्पक तथा अशोकवृक्षोंकी अधिकता थी। वहाँकी मृत्तिका

निवेशयामास श्रिया परमया वृताम् ॥ २० ॥ पुरिकां नाम धर्मात्मा पुरीं देवपुरीप्रभाम् ॥ उद्यानशतसंबाधां समृद्धापणचत्वराम् ॥ २१ ॥ ऋक्ष-
वन्तं समभितस्तीरे तत्र निरामये ॥ निर्मिता सा पुरी राज्ञा पुरिका नाम नामतः ॥ २२ ॥ स ते द्वे विपुले पुर्यौ देवभोग्योपमे शुभे ॥ पालयामास
धर्मात्मा राजा धर्मे व्यवस्थितः ॥ २३ ॥ पद्मवर्णोऽपि राजर्षिः सह्यपृष्ठे पुरोत्तमम् ॥ चकार नद्या वेणायास्तीरे तरुलताकुले ॥ २४ ॥ विषयस्या-
ल्पतां ज्ञात्वा संपूर्णं राष्ट्रमेव च ॥ निवेशयामास नृपः स वप्रप्रायमुत्तमम् ॥ २५ ॥ पद्मावतं जनपदं करवीरं च तत्पुरम् ॥ निर्मितं पद्मवर्णेन
प्राजापत्येन कर्मणा ॥ २६ ॥ सारसेनापि विहितं रम्यं क्रौञ्चपुरं महत् ॥ चम्पकाशोकबहुलं विपुलं ताम्रमृत्तिकम् ॥ २७ ॥ वनवासीति विख्यातः
स्फीतो जनपदो महान् ॥ पुरस्य तस्य तु श्रीमान्द्रुमैः सार्वर्तुकैर्वृतः ॥२८॥ हरितोऽपि समुद्रस्य द्वीपं समभिपालयत् ॥ रत्नसंचयसंपूर्णं नारीजन-
मनोहरम् ॥ २९ ॥ तस्य दाशा जले मग्ना मद्गुरा नाम विश्रुताः ॥ ये हरन्ति सदा शङ्खान्समुद्रोदरचारिणः ॥३० ॥ तस्यापरे दाशजनाः प्रवा-
लाञ्जनसंभवान् ॥ संचिन्वन्ति तदा युक्ता जातरूपं च मौक्तिकम् ॥ ३१ ॥ जलजानि च रत्नानि निषादास्तस्य मानवाः ॥ प्रचिन्वन्तोऽर्णवे
युक्ता नौभिः संयानगामिनः ॥ ३२ ॥ मत्स्यमांसेन ते सर्वे वर्तन्ते स्म सदा नराः ॥ गृह्णन्तः सर्वरत्नानि रत्नद्वीपनिवासिनः ॥ ३३ ॥ तैः संया-
नगतैर्द्रव्यैर्वणिजो दूरगामिनः ॥ हरितं तर्पयन्त्येकं यथैव धनदं तथा ॥ ३४ ॥ एवमिक्ष्वाकुवंशात्तु यदुवंशो विनिःसृतः ॥ चतुर्द्धा यदुपुत्रैस्तु

ताम्रवर्णकी थी ॥ २७ ॥ वसन्त आदि ऋतुओंमें उत्पन्न होनेवाले वृक्ष उसके चारों ओर उगे हुए थे। वह समृद्धिसम्पन्न जनपद 'वनवासी' नामसे भी विख्यात था ॥ २८ ॥ हरित भी समुद्रके भीतर विद्यमान सर्पद्वीपका प्रतिपालन करने लगा। वह द्वीप विविध रत्नोंसे परिपूर्ण था और वहाँ बहुतेरी सुन्दरी स्त्रियाँ विद्यमान थीं ॥२९॥ मद्गुर नामसे विख्यात मछुए उस समुद्रके जलमें गोता लगाकर शंखोंको एकत्र किया करते थे ॥३०॥ बहुतेरे धीवर जलसे उत्पन्न प्रवाल (मूँगा) आदि रत्नोंका संचय करते थे और कुछ छोटी-छोटी नौकाओंमें रत्न एकत्र करके बड़े-बड़े जहाजोंमें ले जाकर भरा करते थे॥३१॥३२॥ वहाँके निवासी सभी मनुष्य स्वच्छन्दतापूर्वक मछलीके मांसपर जीवननिर्वाह करते थे। रत्नद्वीपनिवासी सौदागर विविध प्रकारके रत्नोंको जहाजोंपर लादकर ले जाते और विक्रय करके प्राप्त धन कुबेर तुल्य धनवान महाराज हरितको अर्पण कर दिया करते थे॥३३॥३४॥ इस प्रकार इक्ष्वाकुवंशसे ही यदुवंशकी उत्पत्ति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुई और यदुके इन्हीं चार पुत्रोंसे यह वंश चार भागोंमें विभक्त हो गया ॥ ३५ ॥ कुछ समय बाद महाराज यदु सब राज-काज अपने ज्येष्ठ पुत्र माधवको सौंपकर स्वर्ग चले गये ॥ ३६ ॥ उस माधवका बुद्धिमान् पुत्र सत्त्वत हुआ । सत्त्वत बड़ा उत्साही, सत्स्वभाव और विविध राजोचित गुणोंसे विभूषित था ॥ ३७ ॥ सत्त्वतका महाबली पुत्र भीम हुआ । इसी भीमसे उसका भैम तथा सात्त्वत नाम पड़ा ॥ ३८ ॥ भगवान रामचन्द्रके शासनकालमें शत्रुघ्नने लवणासुरको मारकर मधुवन उजाड़ दिया था ॥ ३९ ॥ बादमें उन्हीं सुमित्रानन्दन शत्रुघ्नने मधुवनमें मथुरापुरी बसायी थी ॥ ४० ॥ महात्मा रामचन्द्र, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न इन चारोंके दिवंगत हो जानेपर मधु दैत्यके दौहित्रपुत्र भीमको मथुरापुरीके राज्यका उत्तराधिकार मिला और वही राज्यसिंहासनपर बैठा ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ तदनन्तर जिस समय रामपुत्र कुश अयोध्याके राजसिंहासनपर बैठे और लवने युवराजपद पाया, उसी समय भीमतनय अन्धकने मथुरापुरीके

चतुर्भिर्भिद्यते पुनः ॥३५॥ स यदुर्माधवे राज्यं विसृज्य यदुपुङ्गवः ॥ त्रिविष्टपं गतो राजा देहं त्यक्त्वा महीतले ॥३६॥ बभूव माधवसुतः सत्त्वतो नाम वीर्यवान् ॥ सत्त्ववृत्तिर्गुणोपेतो राजा राजगुणे स्थितः ॥ ३७ ॥ सत्त्वतस्य सुतो राजा भीमो नाम महानभूत् ॥ येन भैमाः सुसंवृत्ताः सत्त्वतात्सात्त्वताः स्मृताः ॥ ३८ ॥ राज्ये स्थिते नृपे तस्मिन्रामे राज्यं प्रशासति ॥ शत्रुघ्नो लवणं हत्वा चिच्छेद स मधोर्वनम् ॥ ३९ ॥ तस्मिन्मधुवने स्थाने पुरीं च मथुरामिमाम् ॥ विवेशयामास विभुः सुमित्रानन्दवर्द्धनः ॥ ४० ॥ पर्यये चैव रामस्य भरतस्य तथैव च ॥ सुमित्रासुतयोश्चैव स्थानं प्राप्तं च वैष्णवम् ॥ ४१ ॥ भीमेनेयं पुरी तेन राज्यसंबन्धकारणात् ॥ स्ववशे स्थापिता पूर्वं स्वयमध्यासिता तथा ॥ ४२ ॥ ततः कुशे स्थिते राज्ये लवे तु युवराजनि ॥ अन्धको नाम भीमस्य सुतो राज्यमकारयत् ॥ ४३ ॥ अन्धकस्य सुतो जज्ञे रैवतो नाम पार्थिवः ॥ ऋक्षोऽपि रैवताज्जज्ञे रम्ये पर्वतमूर्द्धनि ॥ ४४ ॥ ततो रैवत उत्पन्नः पर्वतः सागरांतिके ॥ नाम्ना रैवतको नाम भूमौ भूमिधरः स्मृतः ॥ ४५ ॥ रैवतस्यात्मजो राजा विश्वगर्भो महायशाः ॥ बभूव पृथिवीपालः पृथिव्यां प्रथितः प्रभुः ॥ ४६ ॥ तस्य तिसृषु भार्यासु दिव्यरूपासु केशव ॥ चत्वारो जज्ञिरे पुत्रा लोकपालोपमाः शुभाः ॥ ४७ ॥ वसुर्बभ्रुः सुषेणश्च सभाक्षश्चैव वीर्यवान् ॥ यदुप्रवीराः प्रख्याता लोकपाला इवापरे ॥ ४८ ॥ तैरयं यादवो वंशः पार्थिवैर्बहुलीकृतः ॥ यैः सार्कं कृष्ण लोकेऽस्मिन्प्रजावन्तः प्रजेश्वराः ॥ ४९ ॥ वसोस्तु कुन्तिविषये वसुदेवः सुतो विभुः ॥ ततः स जनयामास सुप्रभे द्वे च दारिके ॥ ५० ॥ कुन्तीं च पाण्डोर्महिषीं देवतामिव भूचरीम् ॥ भार्यां च दमघोषस्य चेदिराजस्य सुप्रभाम्

राज्यपर शासन प्रारम्भ किया ॥ ४३ ॥ अन्धकका पुत्र राजा रैवत और रमणीक पर्वतशिखरपर रैवतका पुत्र ऋक्ष हुआ ॥ ४४ ॥ इसी समय समुद्रतटपर एक पर्वत जायमान हुआ । राजकीय सम्बन्धके नाते उस पर्वतका भी रैवत नाम पड़ गया ॥ ४५ ॥ महायशस्वी राजा विश्वगर्भ रैवतका पुत्र हुआ । विश्वगर्भ बहुत विख्यात राजा था ॥४६॥ उसकी तीन पत्नियोंसे लोकपाल सदृश वीर चार उत्पन्न हुए । जो वसु, रुद्र, सुषेण और सभाक्ष नामसे प्रसिद्ध हुए ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ उनके द्वारा ही यदुवंश इतना विशाल हो गया । वसु (दूसरा नाम शूर) पुत्र वसुदेवके जन्म लेनेके बाद वसुने दो सुकुमारी कन्यायें भी उत्पन्न कीं । उनमेंसे एकका नाम था—कुन्ती और दूसरीका सुप्रभा ॥४९॥५०॥ भूलोकनिवासिनी देवतासदृश सुन्दरी कुन्ती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महाराज पाण्डुकी राजरानी और सुप्रभा चेदिराज दमघोषकी पत्नी बनी ॥ ५१ ॥ इस प्रकार हे कृष्ण ! पूर्वकालमें मैंने कृष्णद्वैपायन वेदव्यासके मुखसे यदुवंशकी उत्पत्तिके विषयमें जो कुछ सुना था, वह आपको बता दिया ॥ ५२ ॥ इस समय हम पराजित यदुवंशियोंका कल्याण करने तथा इन्हें पुनः विजयी बनानेके लिए आप स्वयम्भूके समान अवतरित हुए हैं ॥ ५३ ॥ इस समय हम किसी भी तरह आपको जरासन्धसे नहीं बचा सकते। आप सर्वज्ञ हैं। अतएव प्रत्येक प्राणीकी गुप्तसे गुप्त बात भी जानते हैं ॥ ५४ ॥ एकमात्र आप ही जरासन्धसे युद्ध करनेमें समर्थ हैं। हम तो केवल आपकी बुद्धिके वशीभूत होकर युद्धके लिए प्रस्तुत हुए हैं ॥५५॥ इस समय सब राजाओंमें जरासन्ध ही बलवान् और सर्वश्रेष्ठ है। उसकी अपेक्षा हम बहुत दुर्बल हैं ॥ ५६ ॥ यहाँतक कि अब एक दिन भी मथुरापुरी शत्रुके घेरेको नहीं सहन कर सकती। क्योंकि पुरीमें अन्न और ईंधनकी कमी पड़ गयी है। हमारे पास दुर्ग भी नहीं है ॥ ५७ ॥ हमारी नगरीकी परिखायें सूखी पड़ी हैं। इसमें न कोई द्वारयन्त्र है और न शस्त्रास्त्र। हमें नगरीके चारों ओर बहुत दूरतक प्राचीर बनाने होंगे ॥५८॥ हमें अपने शस्त्रागारमें

॥ ५१ ॥ एष ते स्वस्य वंशस्य प्रभवः संप्रकीर्तितः ॥ श्रुतो मया पुरा कृष्ण कृष्णद्वैपायनांतिकात् ॥ ५२ ॥ त्वं त्विदानीं प्रनष्टेऽस्मिन्वंशे वंश-
भृतां वर ॥ स्वयंभूरिव संप्राप्तो भवायास्मज्जयाय च ॥ ५३ ॥ न तु त्वां पौरमात्रेण शक्ता गूहयितुं वयम् ॥ देवगुह्येष्वपि भवान्सर्वज्ञः सर्वभावनः
॥ ५४ ॥ शक्तश्चापि जरासंधं नृपं योधयितुं विभो ॥ त्वद्बुद्धिवशगाः सर्वे वयं योधव्रते स्थिताः ॥ ५५ ॥ जरासंधस्तु बलवान्नृपाणां मूर्ध्नि
तिष्ठति ॥ अप्रमेयबलश्चैव वयं च कृशसाधनाः ॥ ५६ ॥ न चेयमेकाहमपि पुरी रोधं सहिष्यति ॥ कृशभक्तेन्धनक्षामा दुर्गैरपरिवेष्टिता ॥ ५७ ॥
असंस्कृताम्बुपरिखा द्वारयन्त्रविवर्जिता ॥ वप्रप्राकारनिचया कर्तव्या बहुविस्तरा ॥ ५८ ॥ संस्कर्तव्यायुधागारा योक्तव्या चेष्टिकाचयैः ॥ कंसस्य
बलभोग्यत्वान्नातिगुप्ता पुरा जनैः ॥ ५९ ॥ सद्यो निपतिते कंसे राज्येऽस्माकं नवोदये ॥ पुरी प्रत्यग्ररोधेव न रोधं विसहिष्यति ॥ ६० ॥ बलं सम्मर्द-
भग्नं च कृष्यमाणं परेण ह ॥ असंशयमिदं राष्ट्रं जनैः सह विनङ्क्ष्यति ॥ ६१ ॥ यादवानां विरोधेन ये जिता राज्यकामुकैः ॥ ते सर्वे द्वैधमिच्छन्ति
यत्क्षमं तद्विधीयताम् ॥ ६२ ॥ वञ्चनीया भविष्यामो नृपाणां नृपकारणात् ॥ जरासंधभयार्त्तानां द्रवतां राज्यसंभ्रमे ॥ ६३ ॥ आर्ता वक्ष्यन्ति नः सर्वे
रुध्यमानाः पुरे जनाः ॥ यादवानां विरोधेन विनष्टाः स्मेति केशव ॥ ६४ ॥ एतन्मम मतं कृष्ण विस्रम्भात्समुदाहृतम् ॥ त्वं तु विज्ञापितः पूर्वं न

ईंटोंकी चुनाई करानी होगी। पहले तो राजा कंसके प्रतापसे इस नगरीकी रक्षा होती थी। अतएव इसके सुधारकी आवश्यकता नहीं पड़ी ॥ ५९ ॥ इधर सहसा कंससे मारे जानेपर राज्य हमारे हाथ आया है। इसीलिए यहाँकी सब वस्तुयें ज्योंकी त्यों रह गयी हैं। जिस तरह करसंग्रहके लिए राज्यसेनाके आक्रमण करते ही कृपण किसान तत्काल पराजित हो जाते हैं, उसी प्रकार शत्रुसेनासे अवरुद्ध होते ही यह पुरी पराजित हो जायगी। शत्रुपक्षके आक्रमण करते ही सब मनुष्यों समेत सारा राज्य नष्ट हो जायगा ॥ ६० ॥ ६१ ॥ राज्यके लोभसे हम लोगोंने जिन्हें पराजित किया है, वे यादव भी हममें फूट डालनेके लिए सदा सचेष्ट रहते हैं। अतएव आप जो उचित समझें सो करें ॥ ६२ ॥ यदि जरासन्धके भयसे हमलोग भागेंगे तो राजाओंकी मण्डलीमें हमारी बड़ी निन्दा होगी ॥ ५३ ॥ यदि इसी पुरीमें अवरुद्ध होकर पड़े रह जाते हैं, तो भी लोग हमें दुखी कहेंगे। जो भी हो, यादवोंके इस पारस्परिक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विरोधमें हमारा निस्तार नहीं दिखायी देता ॥ ६४ ॥ इस प्रकार मुझे जो कहना था, सो कह सुनाया। अब और कुछ नहीं कहना है। यह बात मैं पहले भी कह चुका हूँ। इस समय केवल स्मरण दिलानेके लिए कहा है। अब जो कर्तव्य हो, उसे भली भाँति विचार करके निश्चित करिए। क्योंकि आप हमारे सेनानायक हैं। हमलोग सदा आपके आदेशपर चलनेको तैयार हैं। विशेष करके आप ही इस विरोधकी जड़ हैं। अतएव अब आप ऐसा कोई उपाय करिए कि जिससे आपकी भी रक्षा हो जाय और हमलोग इस विपत्तिसे बच जायँ ॥६५॥६६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

(बलरामका वक्तव्य) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! विकद्रुके वचन सुनकर महायशस्वी वसुदेव बहुत प्रसन्न हुए और पूर्ण परितुष्ट होकर उन्होंने कहा–॥ १ ॥ हे कृष्ण !

पुनः संप्रबोधितः ॥ ६५ ॥ यदत्र वः क्षमं कृष्ण तच्च वै संविधीयताम् ॥ त्वमस्य नेता सैन्यस्य वयं त्वच्छासने स्थिताः ॥ त्वन्मूलश्च विरोधोऽयं रक्षास्मानात्मना सह ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि विकद्रुवाक्यं नामैकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ विकद्रोस्तु वचः श्रुत्वा वसुदेवो महायशाः ॥ परितुष्टेन मनसा वचनं चेदमब्रवीत् ॥ १ ॥ राजा षाड्गुण्यवक्ता वै राजा मन्त्रार्थतत्त्ववित् ॥ सतत्त्वं च हितं चैव कृष्णोक्तं किल धीमता ॥ २ ॥ भाषिता राजधर्माश्च सत्याश्च जगतो हिताः ॥ एतच्छ्रुत्वा पितुर्वाक्यं विकद्रोश्च महात्मनः ॥ ३ ॥ विकद्रोस्तद्वचस्तथ्यं निशम्य यदुपुङ्गवः ॥ वाक्यमुत्तममेकाग्रो बभाषे पुरुषोत्तमः ॥ ४ ॥ ब्रुवतो वः श्रुतं वाक्यं हेतुतः क्रमतस्तथा ॥ न्यायतः शास्त्रतश्चैव दैवं चैवानुपश्यताम् ॥ ५ ॥ श्रूयतामुत्तरं वाक्यं श्रुत्वा च परिगृह्यताम् ॥ नयेन व्यवहर्तव्यं पार्थिवेन यथाक्रमम् ॥ ६ ॥ सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च ॥ द्वैधीभावं संश्रयं च षाड्गुण्यं चिन्तयेत्सदा ॥ ७ ॥ बलिनः सन्निकृष्टेषु न स्थेयं पण्डितेन वै ॥ अपक्रमेद्धि कालज्ञः समर्थो युद्धमुद्वहेत् ॥ ८ ॥ अहं तावत्सहार्येण मुहूर्तेऽस्मिन्प्रकाशिते ॥ जीवितार्थं गमिष्यामि शक्तिमानप्यशक्तवत् ॥ ९ ॥ ततः सह्याचलयुतं सहार्येणाहमक्षयम् ॥ आत्मद्वितीयः श्रीमन्तं प्रवेक्ष्ये दक्षिणापथम् ॥ १० ॥ करवीरपुरं चैव रम्यं क्रौञ्चपुरं

महात्मा विकद्रु राजनीतिज्ञ, मन्त्रणाकुशल और असाधारण बुद्धिशक्तिसम्पन्न पुरुष हैं। उन्होंने जो कुछ कहा है, वह यथार्थ और जगत्के लिए हितकारी है। महात्मा विकद्रु और अपने पिता वसुदेवके वचन सुन और मन एकाग्र करके यदुपुङ्गव भगवान कृष्णने कहा—॥ २–४ ॥ मैंने हेतुतः, क्रमतः, न्यायतः, शास्त्रतः और दैवतः आपके वचन सुने ॥ ५ ॥ अब मैं जो कहता हूँ, उसे आप सुनें और उसपर विचार करें। राजाका यह कर्तव्य होता है कि वह नीतिशास्त्रके अनुसार क्रमशः कुछ न कुछ करता रहे ॥ ६ ॥ राजा सबसे पहले सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और आश्रय इन छ प्रकारके उपायोंपर विचार करे ॥७॥ बलवान्के समक्ष रुकना बुद्धिमानोंका काम नहीं है। अवसरका ज्ञाता और समर्थ हो तो युद्ध करे, अन्यथा पीछे हट जाय ॥ ८ ॥ मैं तो शक्तिमान् होता हुआ भी अशक्तकी तरह अपने प्राण बचानेके लिए भाई बलरामके साथ अभी प्रस्थान कर रहा हूँ ॥ ९ ॥ इस समय मैंने सह्य पर्वतके ऊपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रमणीक दक्षिणापथको जाना निश्चित किया है ॥ १० ॥ वहाँ सुन्दर करवीरपुर तथा क्रौञ्चपुर देखकर पर्वतोत्तम गोमन्त पर्वतपर जाऊँगा ॥ ११ ॥ हम दोनोंके पलायनकी बात सुनकर विजयी जरासन्ध अहंकारवश मथुरापर आक्रमण करके हमारा पीछा करेगा ॥ १२ ॥ वैसी परिस्थितिमें वह सह्य पर्वतके वनोंमें घुसकर हम दोनोंको पकड़नेके लिए अनेक यत्न करेगा ॥ १३ ॥ अतएव हमारी यात्रासे ही हमारे वंश, हमारी पुरी, हमारे नगरवासी और देशपर्यन्त तकका कल्याण होगा ॥ १४ ॥ शत्रुपर पराजय उपस्थित देखकर विजयके इच्छुक राजे उस शत्रुका विनाश किये बिना शान्त नहीं होते ॥१५॥ हे महाराज ! महात्मा कृष्ण और बलराम दोनों वीर इतना कहकर निर्भीक चित्तसे दक्षिणापथकी ओर चल पड़े ॥ १६ ॥ मार्गमें पड़नेवाले सैकड़ों राज्योंमें भ्रमण करते हुए विविध स्थानोंका दर्शन करके वे बहुत आनन्दित हुए ॥ १७ ॥ सह्य पर्वतके रमणीक प्रदेशोंका आनन्द लेते हुए दोनों भाई दक्षिणापथके मार्गपर

तथा ॥ द्रक्ष्यावस्तत्र सहितौ गोमन्तं च नगोत्तमम् ॥११॥ आवयोर्गमनं श्रुत्वा जितकाशी स पार्थिवः ॥ अप्रविश्य पुरीं दर्पादनुसारं करिष्यति
॥ १२ ॥ ततः सह्यवनेष्वेव राजा यास्यति सानुगः ॥ आवयोर्ग्रहणे चैव नृपतिः प्रयतिष्यति ॥ १३ ॥ एषा नः श्रेयसी यात्रा भविष्यति कुलस्य
वै ॥ पौराणामथ पुर्याश्च देशस्य च सुखावहा ॥ १४ ॥ न च शत्रोः परिभ्रष्टा राजानो विजिगीषवः ॥ परराष्ट्रेषु मृष्यन्ति मृधे शत्रोः क्षयं विना
॥ १५ ॥ एवमुक्त्वा तु तौ वीरौ कृष्णसंकर्षणावुभौ ॥ प्रपेदतुरसंभ्रान्तौ दक्षिणौ दक्षिणापथम् ॥ १६ ॥ तौ तु राष्ट्राणि शतशश्चरन्तौ कामरू-
पिणौ ॥ दक्षिणां दिशमास्थाय चेरतुर्मार्गगौ सुखम् ॥ १७ ॥ सह्यपृष्ठेषु रम्येषु मोदमानावुभौ तथा ॥ दक्षिणापथगौ वीरावध्वानं संप्रपेदतुः ॥ १८ ॥
तौ च स्वल्पेन कालेन सह्याचलविभूषितम् ॥ करवीरपुरं प्राप्तौ स्ववंशेन विभूषितम् ॥ १९ ॥ तौ तत्र गत्वा वेणाया नद्यास्तीरान्तमाश्रितम् ॥
आसेदतुः प्ररोहाढ्यं न्यग्रोधं तरुपुङ्गवम् ॥ २० ॥ अधस्तात्तस्य वृक्षस्य मुनिं दीप्तं तपोनिधिम् ॥ अंसावसक्तपरशुं जटावल्कलधारिणम् ॥ २१ ॥
गौरमग्निशिखाकारं तेजसा भास्करोपमम् ॥ क्षत्रान्तकरमक्षोभ्यं वपुष्मन्तमिवार्णवम् ॥ २२ ॥ न्यस्तसंकुचिताधानं काले हुतहुताशनम् ॥ क्लिन्नं
त्रिषवणाम्भोभिराद्यं देवगुरुं यथा ॥ २३ ॥ सवत्सां धेनुकां श्वेतां होमधुक्कामदोहनाम् ॥ क्षीरार्णिं कर्षमाणं महेन्द्रगिरिगोचरम् ॥ २४ ॥ ददृश-
तुस्तौ सहितावपरिश्रान्तमव्ययम् ॥ भार्गवं राममासीनं मन्दरस्थं यथा रविम् ॥ २५ ॥ न्यायतस्तौ तु तं दृष्ट्वा पादमूले कृताञ्जली ॥ वसुदेवसुतौ

अग्रसर हुए ॥१८॥ उसी मार्गसे चलते-चलते सह्याद्रिके एक प्रदेशमें विद्यमान करवीरपुर पहुँचे । वह नगर यदुवंशियोंसे भरा हुआ था और नर्मदानदीके तटपर बसा था । वहाँ जाकर उन्होंने अनेकानेक प्ररोहों (जटाओं) युक्त एक विशाल वटवृक्ष देखा ॥ १९ ॥ २० ॥ उसके नीचे तपस्याके निधान और जटा-वल्कलवसनधारी एक मुनिको बैठे देखा, जो अपने कन्धेपर परशु रक्खे हुए थे ॥ २१ ॥ वे अग्निशिखाके समान गौरवर्ण, तेजपुञ्जयुक्त कलेवर, क्षत्रियान्तक और मूर्तिमान् समुद्रके समान क्षोभपरिशून्य थे ॥२२॥ उन्होंने त्रेताग्निका विस्तार संकुचित कर लिया था । फिर भी यथासमय अग्निमें आहुति दिया करते थे । उन आदिदेवने देवगुरु बृहस्पतिके समान यज्ञके अन्तमें तीन बार स्नान किया था ॥२३॥ उनके पास महेन्द्रगिरिके समान एक श्वेतवर्णकी कामदुघा, दुग्धवती और सवत्सा धेनुका नामकी होमधेनु थी ॥ २४ ॥ इन दोनों भाइयोंने उन शान्त और अविनाशी भार्गव परशुरामको उसी वटवृक्षके नीचे इस तरह विराज-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मान देखा, जैसे मन्दराचलपर सूर्यभगवान विद्यमान हों ॥ २५ ॥ परशुरामका दर्शन पाते ही कृष्ण-बलराम हाथ जोड़कर यथास्थान स्थित अग्निके समान तेजस्वी उन मुनिके चरणोंके समीप बैठ गये ॥२६॥ बैठनेके बाद लौकिक व्यवहारमें निपुण वाग्मिवर कृष्णने सरस और मधुर वाणीमें उनको सम्बोधित करके कहा—भगवन्! आप मुनिश्रेष्ठ क्षत्रियान्तक भृगुवंशमें उत्पन्न जमदग्नितनय परशुराम हैं, यह मैं भली भाँति जानता हूँ ॥ २७ ॥ २८ ॥ आपने अपने बाणबलसे समुद्रको भी अपसारित कर दिया था। आपने केवल एक बाण चलाकर पाँच सौ धनुष विस्तृत और पाँच सौ हाथ ऊँचा शूर्पारक नगर निर्मित कर दिया था। सह्यपर्वतके ऊपर समृद्धिसम्पन्न जो जनपद बसा हुआ था, उसे उठाकर आपने पश्चिमी समुद्रके परले पार रख दिया था। अपने पिताके निधनका स्मरण करके आपने जो वैरीके वधकी प्रतिज्ञा की थी, तदनुसार अपने परशुसे कीर्तवीर्यके हजारों भुजरूपी वनको सर्वथा उच्छिन्न कर दिया था

वीरौ सधिष्ण्याविव पावकौ ॥ २६ ॥ कृष्णस्तमृषिशार्दूलमुवाच वदतां वरः ॥ श्लक्ष्णं मधुरया वाचा लोकवृत्तान्तकोविदः ॥ २७ ॥ भगवञ्जा-मदग्न्यं त्वामवगच्छामि भार्गवम् ॥ रामं मुनीनामृषभं क्षत्रियाणां कुलान्तकम् ॥ २८ ॥ त्वया सायकवेगेन क्षिप्तो भार्गव सागरः ॥ इषुपातेन नगरं कृतं शूर्पारकं त्वया ॥ २९ ॥ धनुःपञ्चशतायामामिषुपञ्चशतोच्छ्रयम् ॥ सह्यस्य च निकुञ्जेषु स्फीतो जनपदो महान् ॥ ३० ॥ अतिक्रम्योद-धेर्वेलामपरान्ते निवेशितः ॥ त्वया तत्कार्तवीर्यस्य सहस्रभुजकाननम् ॥ ३१ ॥ छिन्नं परशुनैकेन स्मरता निधनं पितुः ॥ इयमद्यापि रुधिरैः क्षत्रियाणां हतद्विषाम् ॥ ३२ ॥ स्निग्धैस्त्वत्परशूत्सृष्टै रक्तपङ्का वसुंधरा ॥ रेणुकेयं विजाने त्वां क्षितौ क्षितिपरोषणम् ॥ ३३ ॥ परशुप्रग्रहे युक्तं यथैवेह रणे तथा ॥ तदिच्छावस्त्वया विप्र कश्चिदर्थमुपश्रुतम् ॥ ३४ ॥ उत्तरं च श्रुतार्थेन प्रत्युक्तमविशङ्कया ॥ आवयोर्मथुरा राम यमुनातीर-शोभिनी ॥ ३५ ॥ यादवौ स्वो मुनिश्रेष्ठ यदि ते श्रुतिमागतौ ॥ वसुदेवो यदुश्रेष्ठः पिता नौ हि धृतव्रतः ॥ ३६ ॥ जन्मप्रभृति चैवावां व्रजेष्वेव नियोजितौ ॥ तौ स्वः कंसभयात्तत्र शङ्कितौ परिवर्द्धितौ ॥ ३७ ॥ वयं च प्रथमं प्राप्तौ मथुरायां प्रवेशितौ ॥ तत्रावां व्युत्थितं हत्वा समाजे कंसमोजसा ॥ ३८ ॥ पितरं तस्य तत्रैव स्थापयित्वा जनेश्वरम् ॥ स्वमेव कर्म चारब्धौ गवां व्यापारकारकौ ॥ ३९ ॥ अथावयोः पुरं रोद्धुं

॥ २९–३१ ॥ यह वसुन्धरा आज भी आपके परशु द्वारा कटे क्षत्रियोंके रक्तसे आर्द्र होकर पंकिल बनी हुई है। आप क्षत्रियविद्वेषी रेणुकानन्दन परशुराम हैं, यह मैं भली-भाँति जानता हूँ ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ संग्राम हो या अन्य समय, आप सर्वदा परशु धारण किये रहते हैं। इस समय मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ और साथ ही यह भी अभिलाषा है कि आप असंकुचित चित्तसे मेरे प्रश्नोंका उत्तर दें। हे परशुराम! हम यमुनातटवर्तिनी मथुरानगरीके निवासी हैं ॥३४॥३५॥ हम यादव हैं। हमारा ऐसा अनुमान है कि आपने हमारे सम्बन्धमें अवश्य कुछ सुना होगा। यदुकुलश्रेष्ठ और बलवान् वसुदेव हमारे पिता हैं ॥ ३६ ॥ जन्मके समयसे ही उन्होंने हम दोनोंको व्रजमें रक्खा था। कंसके भयसे वहाँ भी हम सशंक भावसे रहते हुए बढ़े हैं ॥ ३७ ॥ अब सयाने हो जानेपर मथुरा आये थे। वहाँ पहुँचकर हमने उत्पथगामी कंसको भरी सभामें मार डाला और उसके पिता उग्रसेनको राजसिंहासनपर बैठा दिया। उसके बाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हम गोधनजीवी गोपोंकी वृत्ति स्वीकार करके रहने लगे ॥३८॥३९॥ तदनन्तर राजा जरासन्ध हमारी पुरीपर घेरा डालनेको अग्रसर हुआ तो हमने उसके साथ कई बार युद्ध किये। इस समय भी हम दोनों एकमात्र उसके लक्ष्य हैं ॥ ४० ॥ अपने नगर और प्रजाजनोंकी रक्षाके लिए हम निरस्त्र, रथहीन और कवचविरहित होकर निरुद्यम हो गये हैं। सैन्यबल अथवा द्रव्यादिका बल कुछ भी हमारे पास नहीं है। इस समय हम दोनों उसी जरासन्धके भयसे भागकर अपनी मथुरापुरीसे आपके पास आये हैं। अब आप परामर्श देकर हमारा सत्कार करें ॥ ४१–४३ ॥ रेणुकानन्दन भार्गव परशुराम उन दोनोंके उत्तम वचनका उत्तर देते हुए यह धर्मसंगत वचन बोले—॥ ४४ ॥ हे कृष्ण! मैं केवल तुम्हें परामर्श देनेके लिए अपने शिष्योंको साथ न लेकर अकेला ही समुद्रके उस पारसे यहाँ आया हूँ ॥ ४५ ॥ हे कमललोचन! तुम्हारा व्रजवास, दानवविनाश और दुरात्मा कंसके वधका वृत्तान्त मुझे मालूम है। जरा-

जरासंधो व्यवस्थितः ॥ संग्रामान्सुबहून्कृत्वा लब्धलक्षावपि स्वयम् ॥ ४० ॥ ततः स्वपुररक्षार्थं प्रजानां च धृतव्रत ॥ अकृतार्थावनुद्योगौ कर्तव्य-बलसाधनौ ॥ ४१ ॥ अरथौ पत्तिनौ युद्धे निस्तनुत्रौ निरायुधौ ॥ जरासंधोद्यमभयात्पुराद्द्रावेव निःसृतौ ॥ ४२ ॥ एवमावामनुप्राप्तौ मुनिश्रेष्ठ तवान्तिकम् ॥ आवयोर्मन्त्रमात्रेण कर्तुमर्हसि सत्क्रियाम् ॥ ४३ ॥ श्रुत्वैतद्भार्गवो रामस्तयोर्वाक्यमनिन्दितम् ॥ रैणुकेयः प्रतिवचो धर्मसंहितमब्रवीत् ॥ ४४ ॥ अपरान्तादहं कृष्ण संप्रतीहागतः प्रभो ॥ एक एव विना शिष्यैर्युवयोर्मन्त्रकारणात् ॥ ४५ ॥ विदितो मे व्रजे वासस्तत्र पद्मनिभेक्षण ॥ दानवानां वधश्चापि कंसस्यापि दुरात्मनः ॥ ४६ ॥ विग्रहं च जरासंधे विदित्वा पुरुषोत्तम ॥ तव सभ्रातृकस्येह संप्राप्तोऽस्मि वरानन ॥ ४७ ॥ जाने त्वां कृष्ण गोप्तारं जगतः प्रभुमव्ययम् ॥ देवकार्यार्थसिद्ध्यर्थमबालं बालतां गतम् ॥ ४८ ॥ न त्वयाऽविदितं किञ्चित्त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥ तथापि भक्तिमात्रेण शृणु वक्ष्यामि ते वचः ॥ ४९ ॥ पूर्वजैस्तव गोविन्द पूर्वं पुरमिदं कृतम् ॥ करवीरपुरं नाम राष्ट्रं चैव निवेशितम् ॥ ५० ॥ पुरेऽस्मिन्नृपतिः कृष्ण वासुदेवो महायशाः ॥ शृगाल इति विख्यातो नित्यं परमकोपनः ॥ ५१ ॥ नृपेण तेन गोविन्द तव वंशभवा नृपाः ॥ दायादा निहताः सर्वे वीरद्वेषानुशायिना ॥ ५२ ॥ अहंकारपरो नित्यमजितात्माऽतिमत्सरी ॥ राज्यैश्वर्यमदाविष्टः पुत्रेष्वपि च दारुणः ॥ ५३ ॥ तन्नेह भवतः

सन्धके साथ युद्ध आरम्भ होनेका समाचार सुनकर ही मैं तुमसे मिलनेके लिए यहाँ चला आया हूँ ॥४६॥४७॥ मैं यह भी जानता हूँ कि तुम संसारके रक्षक और अविनाशी ईश्वर हो। पूर्ण परब्रह्म होते हुए भी तुमने इस समय बालकका वेश धारण किया है ॥४८॥ सारी त्रिलोकीमें तुम्हारे लिए कुछ भी अज्ञात नहीं है। फिर भी तुम्हारे वचनका मैं जो उत्तर दे रहा हूँ, उसे प्रेमसे सुनो ॥४९॥ हे गोविन्द! पूर्वकालमें तुम्हारे पूर्वजोंने ही इस करवीरपुर नगरको बसाकर राज्य स्थापित किया था ॥५०॥ इस समय महायशस्वी वसुदेवपुत्र राजा शृगाल इस नगर-का शासक है। वह बड़े ही क्रोधी स्वभावका मनुष्य है ॥ ५१ ॥ हे गोविन्द! इस राजाने तुम्हारे वंशज अनेक राजाओंको मार डाला है। क्योंकि वह वीरोंके साथ द्वेष रखता है ॥५२॥ वह बड़ा अभिमानी, ईर्ष्यालु, आत्मश्लाघापरायण और राजमदसे मत्त है। यहाँ तक कि वह अपने पुत्रोंके साथ भी भयंकर द्वेषभाव रखता है ॥५३॥ अतएव राजदूषित उस करवीरपुरमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हारा निवास मुझे पसन्द नहीं है ॥५४॥ अब जिस स्थानपर रहते हुए तुम दोनों बलवान् जरासन्धका दमन कर सकोगे, वह स्थान बता रहा हूँ, सुनो—॥५५॥ योजनानुसार आज ही हमलोग यह पावन वेणानदी तैरकर पार कर लें और एक अन्य राजाके अधिकारमें स्थित यज्ञ पर्वतपर चले चलें। वह पर्वत सह्यगिरिका ही एक दूसरा शिखर है। वहाँ मांसाहारी और दुराचारी तस्करोंका आवासस्थल है ॥५६॥५७॥ वहाँके वृक्ष विविध पुष्पोंसे पुष्पित तथा लताओंसे परिपूर्ण रहते हैं। वहाँ एक रात रहकर सबेरे कसौटीके प्रस्तरोंसे सुशोभित खट्वाङ्गा नदीको पार करेंगे। वह नदी उसी महान् यज्ञ पर्वतसे गङ्गाजीके समान प्रपातरूपमें नीचे गिरती है ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ उस अरण्यके भूषणस्वरूप खट्वाङ्गा नदीके प्रपातको भी देखेंगे। इन कार्योंसे निवृत्त हो तथा अन्यान्य पर्वतोंको लाँघकर हम उस क्रौञ्चपुर नगरमें पहुँचेंगे, जहाँ बहुतेरे वानप्रस्थाश्रमी ब्राह्मण तपस्या करते हैं ॥६०॥६१॥ वहाँ तुम्हारा वंशज और सदा धर्मपरायण

स्थानं रोचते मे नरोत्तम ॥ करवीरपुरे घोरे नित्यं पार्थिवदूषिते ॥ ५४ ॥ श्रूयतां कथयिष्यामि यत्रोभौ शत्रुबाधनौ ॥ जरासंधं बलोदग्रं भवन्तौ योधयिष्यतः ॥ ५५ ॥ तीर्त्वा वेणामिमां पुण्यां नदीमद्यैव बाहुभिः ॥ विषयान्ते निवासाय गिरिं गच्छाम दुर्गमम् ॥ ५६ ॥ रम्यं यज्ञगिरिं नाम सह्यस्य प्ररुहं गिरिम् ॥ निवासं मांसभक्षाणां चौराणां घोरकर्मणाम् ॥ ५७ ॥ नानाद्रुमलतायुक्तं चित्रं पुष्पितपादपम् ॥ प्रोष्य तत्र निशामेकां खट्वाङ्गां नाम निम्नगाम् ॥ ५८ ॥ भद्रं ते संतरिष्यामो निकषोपलभूषणाम् ॥ गङ्गाप्रपातप्रतिमां भ्रष्टां च महतो गिरेः ॥ ५९ ॥ तस्याः प्रपातं द्रक्ष्यामस्तापसारण्यभूषणम् ॥ उपभुज्य विमान्कामान्गत्वा तान्धरणीधरान् ॥ ६० ॥ द्रक्ष्यामस्तत्र तान्विप्राङ्छ्राम्यतो वै तपोधनान् ॥ रम्यं क्रौञ्चपुरं नाम गमिष्यामः पुरोत्तमम् ॥ ६१ ॥ वंशजस्तत्र ते राजा कृष्ण धर्मरतः सदा ॥ महाकपिरिति ख्यातो वनवास्यजनाधिपः ॥ ६२ ॥ तमदृष्ट्वैव राजानं निवासाय गतेऽहनि ॥ तीर्थमानडुहं नाम तत्रस्थाः स्याम संगताः ॥ ६३ ॥ ततश्च्युता गमिष्यामः सह्यस्य विवरे गिरिम् ॥ गोमन्तमिति विख्यातं नैकशृङ्गविभूषितम् ॥ ६४ ॥ स्वर्गतैकमहाशृङ्गं दुरारोहं खगैरपि ॥ विश्रामभूतं देवानां ज्योतिर्भिरभिसंवृतम् ॥ ६५ ॥ सोपानभूतस्वर्गस्य गगनाद्रिमिवोच्छ्रितम् ॥ तं विमानावतरणं गिरिं मेरुमिवापरम् ॥ ६६ ॥ तस्योत्तमे महाशृङ्गे भास्वन्तौ देवरूपिणौ ॥ उदयास्तमये सूर्यं सोमं च ज्योतिषां पतिम् ॥ ६७ ॥ ऊर्मिमन्तं समुद्रं च अपारद्वीपभूषणम् ॥ प्रेक्षमाणौ सुखं तत्र नगाग्रे विचरिष्यथः ॥ ६८ ॥ शृङ्ग-

महाकपि नामका राजा वहाँके वनवासियोंपर राज्य करता है ॥६२॥ किन्तु उससे भेंट नहीं हो सकेगी। एक दिन वहाँ विश्राम करके दूसरे दिन सबेरे हम लोग पुनीत आनुडुह तीर्थको चलेंगे ॥ ६३ ॥ वहाँसे चलकर सह्यपर्वतके निकट अनेक शिखरोंसे विभूषित विख्यात गोमन्त पर्वतपर पहुँचेंगे ॥६४॥ उस पर्वतका एक शिखर इतना ऊँचा है कि उसपर पक्षी भी नहीं चढ़ सकते। वह शिखर देवताओंका विश्रामस्थल है और वहाँ सदा शोभा बनी रहती है ॥ ६५ ॥ वह शृङ्ग स्वर्गका सोपान सरीखा है और उसे देखकर ऐसा लगता है कि मानो वह आकाशमें विद्यमान कोई अट्टालिका हो। वहाँपर सभी विमान उतरते हैं। वह अपनी ऊँचाईसे दूसरे सुमेरु पर्वत सदृश दीखता है ॥६६॥ देवताओंके समान सुन्दर तुम दोनों उस पर्वतपर उदय और अस्तके समय सूर्य, नक्षत्रराज चन्द्रमा एवं द्वीपविभूषित तथा तरङ्गावलीसे भरपूर समुद्रका दर्शन करके सुखसे विहार कर सकोगे ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ वहाँ यदि दुर्गयुद्ध होगा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तो जरासन्ध अनायास परास्त हो जायगा ॥ ६९ ॥ युद्धके लिए सदा उत्सुक तुम दोनोंको उस पर्वतपर देखकर जरासन्ध शैलयुद्ध करनेमें कदापि समर्थ नहीं होगा ॥ ७० ॥ जब तुम दारुण युद्धमें प्रवृत्त होओगे, उसी समय दिव्य अस्त्र तुम्हारे पास आ उपस्थित होंगे ॥ ७१ ॥ हे कृष्ण ! देवताओंने उस स्थानपर यादवोंके साथ अन्यान्य राजाओंका मांस-शोणितमय घोर युद्ध होनेकी बात निश्चित कर दी है ॥ ७२ ॥ उसी समय चक्र, हल, कौमोदकी गदा, सौनन्द मुसल एवं अन्यान्य विविध वैष्णवास्त्र कालका रूप धारण करके प्रकट हो जायँगे और कालके वशवर्ती राजाओंका रुधिरपान करेंगे ॥७३॥७४॥ देवताओंने लोकविख्यात चक्रमुसल नामका संग्राम पहलेसे ही निर्धारित कर दिया है ॥ ७५ ॥ हे कृष्ण ! उस युद्धमें शत्रुगण तथा देवता तुम्हारी वैष्णवी आकृतिका दर्शन कर सकेंगे ॥७६॥ हे कृष्ण ! तुम देवताओंकी विजयके लिए अपना वास्तविक रूप धारण करके चिरविस्मृत कौमोदकी गदा

स्थौ तस्य शैलस्य गोमन्तस्य वनेचरौ ॥ दुर्गयुद्धेन धावन्तौ जरासंधं विजेष्यथः ॥ ६९ ॥ तत्र शैलगतौ दृष्ट्वा भवन्तौ युद्धदुर्मदौ ॥ अशक्तः शैलयुद्धे वै जरासंधो भविष्यति ॥७०॥ भवद्भ्यामपि युद्धे तु प्रवृत्ते तत्र दारुणे ॥ आयुधैः सह संयोगं पश्यामि न चिरादिव ॥७१॥ संग्रामश्च महान्कृष्ण निर्दिष्टस्तत्र दैवतैः ॥ यदूनां पार्थिवानां च मांसशोणितकर्दमः ॥ ७२ ॥ तत्र चक्रं हलं चैव गदां कौमोदकीं तथा ॥ सौनन्दं मुसलं चैव वैष्णवान्यायुधानि च ॥ ७३ ॥ दर्शयिष्यंति संग्रामे पास्यन्ति च महीक्षिताम् ॥ रुधिरं कालयुक्तानां वपुर्भिः कालसन्निभैः ॥ ७४ ॥ स चक्रमुसलो नाम संग्रामः कृष्ण विश्रुतः ॥ दैवतैरिह निर्दिष्टः कालस्यादेशसंज्ञितः ॥ ७५ ॥ तत्र ते कृष्ण संग्रामे सुव्यक्तं वैष्णवं वपुः ॥ द्रक्ष्यन्ति रिपवः सर्वे सुराश्च सुरभावन ॥ ७६ ॥ तां भजस्व गदां कृष्ण चक्रं च चिरविस्मृतम् ॥ भजस्व स्वेन रूपेण सुराणां विजयाय वै ॥ ७७॥ बलश्चायं हतं घोरं मुसलं चारिमर्दनम् ॥ वधाय सुरशत्रूणां भजताल्लोकभावनः ॥ ७८ ॥ एष ते प्रथमः कृष्ण संग्रामो भुवि पार्थिवैः ॥ पृथिव्यर्थे समाख्यातो भारावतरणे सुरैः ॥ ७९ ॥ आयुधावाप्तिरत्रैव वपुषी वैष्णवस्य च ॥ लक्ष्म्याश्च तेजसश्चैव व्यूहानां च विदारणम् ॥ ८० ॥ अतः प्रभृति संग्रामो धरण्यां शस्त्रमूर्च्छितः ॥ भविष्यति महान्कृष्ण भारतं नाम वैशसम् ॥ ८१ ॥ तद्गच्छ कृष्ण शैलेन्द्रं गोमन्तं च नगोत्तमम् ॥ जरासन्धमृधे चापि विजयस्त्वामुपस्थितः ॥ ८२ ॥ इदं चैवामृतप्रख्यं होमधेनोः पयोऽमृतम् ॥ पीत्वा गच्छत भद्रं वो मयोद्दिष्टेन वर्त्मना ॥ ८३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि परशुरामवाक्यं नाम चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥

और सुदर्शन चक्र धारण करो ॥ ७७ ॥ बलरामजी भी दैत्योंके विनाशार्थ घोरतर हल और शत्रुविमर्दन मुसल सम्हाल लें ॥७८॥ पृथिवीका भार उतारनेके लिए पृथिवीपर राजाओंके साथ तुम्हारा यह प्रथम युद्ध होगा ॥ ७९ ॥ उसी समय तुम्हें सब आयुध मिलेंगे और वैष्णव स्वरूप प्राप्त होगा । तेज और लक्ष्मी भी मिलेंगी । उसी समय तुम शत्रुओंका व्यूह छिन्न-भिन्न करोगे ॥८०॥ उसी समयसे पृथिवीपर शस्त्रप्रयोगात्मक युद्धकी अवतारणा होगी और उसके बाद ही महान् दारुण महाभारत युद्ध आरम्भ हो जायगा ॥८१॥ अतएव तुम इसी समय पर्वत-श्रेष्ठ गोमन्तपर्वतकी यात्रा कर दो । युद्धमें तुम्हें जीतनेके लिए जरासन्ध आने ही वाला है । उस युद्धमें तुम्हारी विजय निश्चित है ।।८२।। अत्र तुम दोनों इस होमधेनुका अमृतमय दुग्ध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पान करके मैंने जो मार्ग बतलाया है, उसी मार्गसे चलो । तुम्हारा कल्याण हो ॥ ८३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥

(श्रीकृष्ण-बलरामका गोमन्त पर्वतको प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों उस होमधेनुका दुग्ध पान करके मस्त हाथीकी तरह गोमन्त पर्वतका दर्शन करने चल पड़े । जमदग्नितनय परशुराम पथप्रदर्शन करते हुए आगे-आगे चले ॥ १ ॥ २ ॥ चलते समय वे तीनों तीन अग्नियोंके सदृश लग रहे थे । जिस प्रकार देवताओंके चलनेसे स्वर्गकी शोभा होती है, उसी प्रकार इन तीनोंके चलनेसे वह मार्ग भी सुशोभित हो उठा ॥ ३ ॥ तदनन्तर मार्गमें कई दिन बिताकर देवता जैसे मन्दराचल-पर गमन करते हैं, उसी प्रकार वे तीनों गोमन्त पर्वतपर जा पहुँचे ॥ ४ ॥ वह पर्वत विविध लताकुञ्जों और नाना प्रकारके वृक्षोंसे सुशोभित एवं अगर आदि सुगन्धित द्रव्योंसे भरा हुआ था । बीच-बीचमें मनोहर मयूरोंने उस पर्वतका विचित्र स्वरूप बना दिया था ॥ ५ ॥ चारों ओर भौंरोंका झुण्ड गुनगुना रहा था । शिलाखण्डोंमें उगे हुए वृक्ष स्थानाभावसे

वैशम्पायन उवाच ॥ तत्तु धेन्वाः पयः पीत्वा बलदर्पसमन्वितौ ॥ ततस्तौ रामसहितौ प्रस्थितौ यदुपुङ्गवौ ॥ १ ॥ गोमन्तं पर्वतं द्रष्टुं मत्त-नागेन्द्रगामिनौ ॥ जादमग्न्यप्रदिष्टेन मार्गेण वदतां वरौ ॥ २ ॥ जामदग्न्यतृतीयस्तं त्रयस्त्रय इवाग्नयः ॥ शोभयन्ति स्म पन्थानं त्रिदिवं त्रिदशा इव ॥ ३ ॥ ते चाध्वविधिना सर्वे ततो वै दिवसक्रमात् ॥ गोमन्तमचलं प्राप्ता मन्दरं त्रिदशा इव ॥ ४ ॥ लताचारुविचित्रं च नानाद्रुमविभूषि-तम् ॥ नानाऽगुरुपिनद्धाङ्गं चित्रं चित्रैर्मनोहरैः ॥ ५ ॥ द्विरेफगणसंकीर्णं शिलासंकटपादपम् ॥ मत्तबर्हिणनिर्घोषैर्नादितं मेघनादिभिः ॥ ६ ॥ गग-नालग्नशिखरं जलदासक्तपादपम् ॥ मत्तद्विपविषाणाग्रैः परिघृष्टोपलाङ्कितम् ॥ ७ ॥ कूजद्भिश्चाण्डजगणैः समन्तात्प्रतिनादितम् ॥ दरीप्रपाताम्बुरवै-श्छन्नं शार्दूलतल्लजैः ॥ ८ ॥ नीलाश्मचयसंघातैर्बहुवर्णं यथा घनम् ॥ धातुविस्रावदिग्धाङ्गं सानुप्रस्रवभूषितम् ॥९॥ कीर्णं सुरगणैः कान्तैर्मैनाक-मिव कामगम् ॥ उच्छ्रितं सुविशालाग्रं समूलाम्बुपरिस्रवम् ॥ १० ॥ सकाननदरीप्रस्थं श्वेताभ्रगणभूषितम् ॥ पनसाम्रातकाम्रौघैर्वेत्रस्यन्दनचन्दनैः ॥ ११ ॥ तमालैलावनयुतं मरीचक्षुपसंकुलम् ॥ पिप्पलीवल्लिकलिलं चित्रमिङ्गुदिपादपैः ॥ १२ ॥ द्रुमैः सर्जरसानां च सर्वतः परिशोभितम् ॥ प्रांशु-

आत्मविस्तार करनेमें असमर्थ होकर संकटका अनुभव कर रहे थे । मेघगर्जनसे होड़ करनेवाले मस्त मयूर बोल रहे थे ॥ ६ ॥ उस पर्वतके शिखर आकाशका और ऊँचे-ऊँचे वृक्ष मेघमण्डलका स्पर्श कर रहे थे । चट्टानोंपर हाथियोंकी वप्रक्रीडाके दन्तसंघर्षणजनित चिह्न दिखायी दे रहे थे ॥ ७ ॥ पक्षियोंकी बोली तथा बाघोंके गर्जनसे वह पर्वत सदा शब्दायमान रहा करता था । जगह-जगह पर्वतकी कन्दराओंसे झरनोंकी प्रतिध्वनि सुनायी दे रही थी । वह भाग पर्वतीय प्रदेश तृणों और पत्तोंसे आच्छादित था ॥ ८ ॥ अतएव नीलवर्णके उन प्रस्तरखण्डोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो नीले आकाशमण्डलमें विविध रङ्ग दिखायी दे रहे हों । गैरिकादि धातुओंसे मिश्रित झरनोंके कलरवसे वह पर्वत मुखरित हो रहा था ॥ ९ ॥ मैनाक पर्वतके समान उत्तुंग उस गोमन्त पर्वतको देवता सदा घेरे रहते थे । उस पर्वतका अग्रभाग बहुत ही ऊँचा था और उसके पादप्रदेशमें अनेक निर्झरिणियाँ बहा करती थीं ॥ १० ॥ उस पर्वतका स्कन्धप्रदेश वनोंसे भरा हुआ था । श्वेतवर्णके मेघ चारों ओर मँडराया करते थे । पनस, आम्रातक, आम्र, वेत्र, चन्दन, तमाल, एला, मरिच, पिप्पली, इंगुदी,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्ज, शाल, निम्ब, अर्जुन, पाटल, हिन्ताल, जम्बू, कद्रु, कन्दल, चम्पक, अशोक, तिन्दुक और बिल्व आदि विविध वृक्षोंसे वह वन बहुत ही सुन्दर लग रहा था। उसके स्थलप्रदेशमें जिस प्रकार स्थलजनित पुष्पोंका ढेर लगा रहता था, उसी प्रकार जलमें जलपुष्प खिले रहते थे ॥११–१६॥ कुटज और पुन्नाग प्रभृति पुष्पोंसे उस प्रदेशकी अनुपम शोभा हो रही थी। हाथियों और मृगोंका समूह जहाँ-तहाँ विचर रहा था ॥ १७ ॥ स्थान-स्थानपर सिद्ध, चारण, राक्षस, विद्याधर और यक्षगण डेरा डाले हुए थे। सिंहों और व्याघ्रोंका भीषण गर्जन वहाँ सदा सुनायी देता था। झरनोंकी जलधारापर चन्द्रकिरणोंकी प्रभा पड़कर बड़ी सुन्दर लग रही थी ॥ १८ ॥ १९ ॥ देवता, गन्धर्व और अप्सरायें वहाँ नित्य स्तुतिपाठ किया करती थीं। दिव्य वनस्पतियोंपर पुष्पित पुष्पसमूहसे वह पर्वत सदा भरा रहता था ॥ २० ॥ उस पर्वतपर वज्रपात तथा दावानलका कुछ भी भय नहीं था। आँधी भी

शालवनैर्गुप्तं बहुचित्रवनैर्युतम् ॥ १३ ॥ सर्जनिम्बार्जुनवनं कण्टकीकुलसंकुलम् ॥ हिन्तालैश्च तमालैश्च पुन्नागैश्चोपशोभितम् ॥ १४ ॥ जलेषु जलजैश्छन्नं स्थलेषु स्थलजैरपि ॥ पङ्कजैर्द्रुमषण्डैश्च सर्वतः प्रतिभूषितम् ॥ १५ ॥ जम्बुजम्बूलवृक्षाढ्यं कद्रुकन्दलभूषितम् ॥ चम्पकाशोकबहुलं बिल्वतिन्दुकशोभितम् ॥ १६ ॥ कुंजैश्च नागपुष्पैश्च समन्तादुपशोभितम् ॥ नागयूथसमाकीर्णं मृगसंघातशोभितम् ॥ १७ ॥ सिद्धचारणरक्षोभिः सेवितप्रस्तरान्तरम् ॥ गन्धर्वैश्च समायुक्तं गुह्यकैः पक्षिभिस्तथा ॥ १८ ॥ विद्याधरगणैर्नित्यमनुकीर्णशिलातलम् ॥ सिंहशार्दूलसन्नादैः सततं प्रतिनादितम् ॥ सेवितं वारिधाराभिश्चन्द्रपादैश्च शोभितम् ॥ १९ ॥ स्तुतं त्रिदशगन्धर्वैरप्सरोभिरलंकृतम् ॥ वनस्पतीनां दिव्यानां पुष्पैरुच्चावचैः श्रितम् ॥ २० ॥ शक्रवज्रप्रहाराणामनभिज्ञं कदाचन ॥ दावाग्निभयनिर्मुक्तं महावातभयोज्झितम् ॥ २१ ॥ प्रपातप्रभवाभिश्च सरिद्भिरुपशोभितम् ॥ काननैराननाकारैर्विशेषाद्भिरिव श्रियम् ॥ २२ ॥ जलशैवलशृङ्गाग्रैरुन्मिषन्तमिव श्रिया ॥ स्थलीभिर्मृगजुष्टाभिः कान्ताभिरुपशोभितम् ॥ २३ ॥ पार्श्वैरुपलकल्माषैर्मेघैरिव विभूषितम् ॥ पादपोच्छ्रितभूमीभिः सपुष्पाभिः समन्ततः ॥२४॥ मण्डितं वनराजीभिः प्रमदाभिः पतिं यथा ॥ सुन्दरीभिर्दरीभिश्च कन्दराभिस्तथैव च ॥ २५ ॥ तेषु तेष्ववकाशेषु सदारमिव शोभितम् ॥ औषधीदीप्तशिखरं वानप्रस्थनिषेवितम् ॥ जातरूप-

वहाँ कभी नहीं आती थी ॥ २१ ॥ वनोंके झरनोंसे निकली हुई नदियाँ चारों ओर बहा करती थीं। मुखाकृतिमय वनोंसे उसकी शोभा और बढ़ी हुई थी ॥ २२ ॥ उस पर्वतके पास शिखरोंपर रहनेवाले जलमें उत्पन्न सेवार सदा विद्यमान रहता था। अतएव वह और सुन्दर लग रहा था। मृगगण वनभूमिको सुशोभित करते हुए विचर रहे थे ॥२३॥ उस पर्वतके आस-पास नीलवर्णके शिलाखण्ड बिखरे पड़े थे। उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों गोमन्त पर्वतको मेघमण्डलीने विभूषित कर दिया है। स्त्रियाँ जिस तरह अपने पतिको आलिङ्गन करती हैं, उसी प्रकार फूले हुए वृक्षोंसे भरी वनराजि उस पर्वतको चारों ओरसे लपेटे हुए थी। परम रमणीक दरी-कन्दराओंको देखकर ऐसा मालूम पड़ता था कि मानो वह पर्वत अपनी पत्नियोंके साथ विराजमान है। उसपर उगी हुई औषधियोंके तेजसे वह पर्वत सदा देदीप्यमान रहा करता था। वानप्रस्थियोंका समूह वहाँ सदा निवास करता था। वहाँके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रमणीक वनभागको देखनेसे ऐसा ज्ञात होता था कि मानो किसीने उस पर्वतका कृत्रिम शृंगार कर दिया है ॥ २४–२६ ॥ उसका विशाल पादप्रदेश और अत्युन्नत शिखरप्रदेश देखकर ऐसा लगता था कि मानो वह पर्वत समस्त भूमण्डल और आकाशमण्डलको घेरकर खड़ा हुआ है ॥ २७ ॥ हे महाराज ! देवता सदृश सुन्दर कृष्ण, बलराम और परशुराम ये तीनों गोमन्त पर्वतपर पहुँचते ही वहाँ निवास करनेके लिए उत्सुक हो उठे ॥ २८ ॥ तदनन्तर गरुड़के समान पराक्रमी वे तीनों महापुरुष देवताओं तथा आकाशमें उड़नेवाले पक्षियोंकी तरह बड़े वेगसे उस पर्वतके ऊपर चढ़ गये ॥ २९ ॥ वे उसके उत्तरी शिखरपर जा तथा अपने मनोऽनुकूल वासस्थान बनाकर देवताओंके समान आनन्दपूर्वक रहने लगे ॥ ३० ॥ श्रीकृष्ण और बलराम इन दोनों यादवोंको सानन्द विराजमान देखकर जामदग्नेय परशुराम उनका अभिप्राय जाननेके लिए बोले—॥ ३१॥ हे तात कृष्ण ! मैं तो अब यहाँसे शूर्पारकपुर जा रहा हूँ। इस समय औरोंकी बात तो दूर रही, दानवोंके साथ युद्धमें प्रवृत्त होनेपर भी तुम्हारे पराजयकी सम्भावना नहीं है ॥ ३२ ॥ आते समय मार्गमें मैंने तुम्हारा जो प्रेम पाया है,

र्वनोद्देशैः कृत्रिमैरिव भूषितम् ॥ २६ ॥ मूलेन सुविशालेन शिरसाऽत्युच्छ्रितेन च ॥ पृथिवीमन्तरिक्षं च गाहयन्तमिव स्थितम् ॥ २७ ॥ ते तमासाद्य गोमन्तं रम्यं भूमिधरोत्तमम् ॥ रुचिरं रुरुचुः सर्वे वासायामरसन्निभाः ॥ २८ ॥ रुरुहुस्ते गिरिवरं खमूर्ध्वमिव पक्षिणः ॥ आसज्जमाना वेगेन वैनतेयपराक्रमाः ॥२९॥ ते तु तस्योत्तरं शृङ्गमारूढास्त्रिदशा इव ॥ आगारं सहसा चक्रुर्मनसा निर्मितोपमम् ॥३०॥ निविष्टौ यादवौ दृष्ट्वा जामदग्न्यो महामतिः ॥ रामोऽभिमतमक्लिष्टमायष्टुमुपचक्रमे ॥ ३१ ॥ कृष्ण यास्याम्यहं तात पुरं शूर्पारकं विभो ॥ युवयोर्नास्ति वैमुख्यं संग्रामे दानवैरपि ॥ ३२ ॥ प्राप्तवानस्मि यां प्रीतिं मार्गानुगमनादपि ॥ सा मे कृष्णानुगृह्णाति शरीरमिदमव्ययम् ॥३३॥ इदं यत्स्थानमुद्दिष्टं यत्रायुधसमागमः ॥ युवयोर्विहितो देवैः समयः साम्परायिकः ॥ ३४ ॥ देवानां मुख्य वैकुण्ठ विष्णो देवैरभिष्टुत ॥ कृष्ण सर्वस्य लोकस्य शृणु मे नैष्ठिकं वचः ॥३५॥ यदिदं प्रस्तुतं कर्म त्वया गोविन्द लौकिकम् ॥ मानुषाणां हितार्थाय लोके मानुषदेहिनाम् ॥ ३६ ॥ तस्यायं प्रथमः कल्पः कालेन तु वियोजितः ॥ जरासन्धेन वै सार्द्धं संग्रामे समुपस्थिते ॥३७॥ तत्रायुधबलं चैव रूपं च रणकर्कशम् ॥ स्वयमेवात्मना कृष्ण त्वयाऽऽत्मानं विधत्स्व ह ॥ ३८ ॥ चक्रोद्यतकरं दृष्ट्वा त्वां गदापाणिमाहवे ॥ चतुर्द्विगुणपीनांसं बिभ्येदपि शतक्रतुः ॥३९॥ अद्यप्रभृति ते यात्रा स्वर्गोका समुपस्थिता ॥

वही हमारे लिए यथेष्ट अनुग्रह है ॥ ३३ ॥ देवताओंने तुम्हारे लिए जो परलोकहितकारी समय निर्दिष्ट कर दिया है और जहाँ सब प्रकारके शस्त्रास्त्र मिलनेकी बात निश्चित है, यह वही समय और वही स्थान है ॥३४॥ हे देवादिदेव ! हे वैकुण्ठ ! हे देवसंस्तुत ! हे कृष्ण ! मैं समस्त त्रिलोकीके लिए हितकर जो तत्त्वकी बात कह रहा हूँ, उसे सुनो ॥३५॥ हे गोविन्द ! तुम जो मानव रूप धारण करके मनुष्योंका कल्याण करनेके लिए पृथिवीका भार उतारनेको उद्यत हो, जरासन्धके साथका युद्ध उस आयोजनका मूल सूत्र है ॥३६॥३७॥ अतएव इस युद्धके लिए उपयोगी अपना रणकर्कश स्वरूप बना लो और अस्त्रबलसे सुसज्जित हो जाओ ॥ ३८ ॥ युद्धभूमिमें तुम्हें गदापाणि, चक्रपाणि एव अष्टभुजधारी देखकर इन्द्रके मनमें भी अपने पराजयकी आशंका होने लगेगी ॥ ३९ ॥ जब तुम शस्त्र धारण करके युद्धके लिए प्रस्तुत होओगे तो तुम्हारे ॰ ॰ युद्धम संलग्न राजाओंके लिए स्वर्गका

५६

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

द्वार खुल जायगा ॥ ४० ॥ अब वाहन तथा ध्वजाका काम चलानेके लिए तुम गरुड़को बुला लो। विलम्ब करना ठीक नहीं है ॥ ४१ ॥ युद्धाभिलाषी राजे स्वर्गयात्राके लिए उत्सुक होकर इस समय दुर्योधनकी अधीनतामें रह रहे हैं ॥ ४२ ॥ हे केशव! इधर पृथिवी भी दुष्ट राजाओंका भावी विनाश निकट देख और अपनी वैधव्य दशाका स्मरण करके केवल एक वेणी धारण किये हुए आपकी प्रतीक्षा कर रही है ॥ ४३ ॥ उधर अपने ऊपर ग्रहोंकी प्रतिकूलता देखकर अन्यान्य क्षत्रिय राजे भी अब और अधिक समय न सहन कर सकेंगे। वे तुम्हारा विनाश चाहते हैं। अतएव अब युद्धके लिए सुसज्ज होनेकी शीघ्रता करो। तुम्हारे शीघ्रता करनेपर ही दानवोंका विनाश होगा, क्षत्रियोंको स्वर्गलाभ होगा और देवताओंकी सुख-समृद्धिमें वृद्धि होगी ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ हे कृष्ण! जब तुमने मेरा सत्कार किया तो मानों मर्त्य-स्वर्ग आदि सभी लोकों द्वारा मेरा सत्कार हो गया ॥ ४६ ॥ मैं तुम्हारा कार्य साधन

पृथिव्यां पार्थिवेन्द्राणां कृतास्त्रे त्वयि मानद ॥ ४० ॥ वैनतेयस्य चाह्वानं वाहनं ध्वजकर्मणः ॥ कुरु शीघ्रं महाबाहो गोविन्द वदतां वर ॥ ४१ ॥ युद्धकामा नृपतयस्त्रिदिवाभिमुखोद्यताः ॥ धार्तराष्ट्रस्य वशगास्तिष्ठन्ति रणवृत्तयः ॥ ४२ ॥ राज्ञां निधनदृष्टार्था वैधव्येनाधिवासिता ॥ एकवेणीधरा चेयं वसुधा त्वां प्रतीक्षते ॥ ४३ ॥ सग्रहं कृष्ण नक्षत्रं संक्षिप्यारिविमर्दन ॥ त्वयि मानुष्यमापन्ने युद्धे च समुपस्थिते ॥ ४४ ॥ त्वरस्व कृष्ण युद्धाय दानवानां वधाय च ॥ स्वर्गाय च नरेन्द्राणां देवतानां सुखाय च ॥ ४५ ॥ सत्कृतोऽहं त्वया कृष्ण लोकैश्च सचराचरैः ॥ त्वया सत्कृतरूपेण येन सत्कृतवानहम् ॥ ४६ ॥ साधयामि महाबाहो भवतः कार्यसिद्धये ॥ स्मर्तव्यश्चास्मि युद्धेषु कान्तारेषु महीक्षिताम् ॥ ४७ ॥ इत्युक्त्वा जामदग्न्यस्तु कृष्णमक्लिष्टकारिणम् ॥ जयाशिषा वर्द्धयित्वा जगामाभीप्सितां दिशम् ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि गोमन्तारोहणं नामैकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जामदग्न्ये गते रामे तौ यादवकुलोद्वहौ ॥ गोमन्तशिखरे रम्ये चेरतुः कामरूपिणौ ॥ १ ॥ वनमालाकुलोरस्कौ नीलपीताम्बरावुभौ ॥ नीलश्वेतवपुष्मन्तौ गगनस्थाविवाम्बुदौ ॥ २ ॥ तौ शैलधातुदिग्धाङ्गौ युवानौ शिखरे स्थितौ ॥ चेरतुस्तत्र कान्तेषु वनेषु

करनेके लिए सदा सचेष्ट रहूँगो। जब तुम रणभूमिमें उन राजाओंरूपी वनमें पहुँचो तो मेरा स्मरण करना ॥ ४७ ॥ असाधारण कार्य करनेमें समर्थ भगवान कृष्णसे ऐसा कह और आशीर्वाद देकर जमदग्निनन्दन पशुराम इच्छित दिशाको चले गये ॥४८॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायामेकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥४१॥

(गोमन्त पर्वतपर जरासन्धका आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! जमदग्निसुवन परशुरामके चले जानेपर वे इच्छाचारी दोनों यदुवीर गोमन्तके शिखरपर विहार करने लगे ॥ १ ॥ दोनोंके गलेमें वनमाला पड़ी थी। वे नील और पीत वसन पहने हुए थे। उनमें एकका श्याम और दूसरेका गौर वर्ण था। उन दोनोंको देखनेसे ऐसा लगता था कि मानो आकाशमें दो मेघ विराजमान हैं ॥२॥ उन दोनोंके शरीरपर पर्वतकी धातुओंका लेप लगा हुआ था। वे दोनों युवक बड़े कुतूहलके साथ उस पर्वतशिखरपर रहते हुए उसके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मनोहर वनोंमें विचरते थे ॥ ३ ॥ वे वहाँ नित्य उदयोन्मुख नक्षत्रपति चन्द्रमा एवं विभिन्न ग्रहोंका उदय और अस्त देखा करते थे ॥ ४ ॥ एक दिन पर्वतके समान विशालकाय श्रीमान् बलराम कृष्णके बिना अकेले ही भ्रमण करते-करते एक पुष्पित कदम्बवृक्षके नीचे जा पहुँचे और वहाँ बैठ गये। उस समय मगदन्धयुक्त मन्द-मन्द हवा बहने लगी ॥ ५ ॥ ६ ॥ वायुके साथ-साथ मदगन्ध जब उनकी नासिकामें पहुँचा तो रात्रिको मद्यपान करनेसे सवेरे जिस तरह मुख सूख जाता है, उसी प्रकार मदिरापान करनेकी इच्छाने बलरामका मुख सुखा दिया ॥ ७ ॥ ८ ॥ तब वे पूर्वकालमें किये हुए अमृतपानका स्मरण करके पिपासार्त हो उठे और मदिरा खोजते हुए उस कदम्बवृक्षका अवलोकन करने लगे ॥ ९ ॥ वर्षाजनित मेघजल उस प्रस्फुटित वृक्षके कोटरमें गिरकर मदिराके रूपमें परिणत हो गया था ॥ १० ॥ बलराम अत्यधिक पिपासार्त होनेके कारण एक आतुर पुरुषकी तरह बार बार उस

रतिललिसौ ॥ ३ ॥ उदयन्तं निरीक्षन्तौ शशिनं ज्योतिषां वरम् ॥ उदयास्तमने चैव ग्रहाणां धरणीधरे ॥ ४ ॥ अथ संकर्षणः श्रीमान्विना कृष्णेन वीर्यवान् ॥ चचार तस्य शिखरे नगस्य नगसन्निभः ॥ ५ ॥ प्रफुल्लस्य कदम्बस्य सुच्छाये निषसाद ह ॥ वायुना मदगन्धेन वीज्यमानः सुखेन वै ॥ ६ ॥ तस्य तेनानिलौघेन सेव्यमानस्य तत्र वै ॥ मद्यसंस्पर्शजो गन्धः संस्पृशन्घ्राणमागतः ॥ ७ ॥ तृष्णा चैनं विवेशाशु वारुणीप्रभवा तदा ॥ शुशोष च मुखं तस्य मत्तस्येवापरेऽहनि ॥ ८ ॥ स्मारितः स पुरावृत्तममृतप्राशनं विभुः ॥ तृषितो मदिरान्वेषी ततस्तं तरुमैक्षत ॥ ९ ॥ तस्य प्रावृषि फुल्लस्य यदम्भो जलजोज्झितम् ॥ तत्कोटरस्थं मदिरा संजायत मनोहरा ॥ १० ॥ तां तु तृष्णाऽभिभूतात्मा पिबन्नार्त्त इवासकृत् ॥ मोहाच्च चलिताकारः समजायत स प्रभुः ॥ ११ ॥ तस्य मत्तस्य वदनं किंचिच्चलितलोचनम् ॥ घूर्णिताकारमभवच्छरत्कालेन्दुसप्रभम् ॥१२॥ कदम्बकोटरे जाता नाम्ना कादम्बरीति सा ॥ रूपिणी वारुणी तत्र देवानाममृतारणी ॥१३॥ कादम्बरीमदकलं विदित्वा कृष्णपूर्वजम् ॥ तिस्रस्त्रिदशनार्यस्तमुपतस्थुः प्रियंवदाः ॥ १४ ॥ मदिरा रूपिणी भूत्वा कान्तिश्च शशिनः प्रिया ॥ श्रीश्च देवी वरिष्ठा स्त्री स्वयमेवाम्बुजध्वजा ॥ १५ ॥ साञ्जलिप्रग्रहा देवी रौहिणेयमुपस्थिता ॥ वारुण्या सहितं वाक्यमुवाच मदविक्लवम् ॥१६॥ बलं जयस्व दैत्यानां बलदेव दिवीश्वर ॥ अहं ते दयिता कान्ता वारुणी समुपस्थिता ॥ १७ ॥ त्वामेवान्तर्हितं श्रुत्वा शाश्वतं वडवामुखे ॥ क्षीणपुण्येव वसुधां पर्येमि विमलानन ॥ १८ ॥

मदिराको पीकर मस्त हो उठे और उनके पैर लड़खड़ाने लगे ॥ ११ ॥ शरत्कालीन चन्द्रमाके समान उनका दिव्य मुखमण्डल नशेसे झूमने लगा और आँखें नाचने लगीं ॥ १२ ॥ देवताओंकी अमृतप्रसविनी वह मूर्तरूपधारिणी वारुणी अब कदम्बकोटरसे उत्पन्न हुई थी। इसी कारण उसका एक नाम कादम्बरी भी पड़ गया ॥१३॥ कृष्णके बड़ेभाई बलरामको कादम्बरीके मदसे मत्त देखकर प्रियम्वदा मदिरा, शशिप्रिया कान्ति और पद्मासना लक्ष्मी ये तीनों देवांगनायें मूर्तिमती हो और हाथ जोड़कर उनके सम्मुख जा उपस्थित हुई ॥ १४ ॥ १५ ॥ उनमेंसे वारुणी उन मदमत्त बलरामको सम्बोधित करके बोली—॥ १६ ॥ हे त्रिलोकीके नाथ! आप शीघ्र दैत्योंका दर्प दूर करिए। मैं आपकी प्रियतमा पत्नी वारुणी आपके समक्ष खड़ी हूँ ॥ १७ ॥ पहले आप अनन्तरूपसे पातालमें निवास करते थे। हे विमलानन! इस समय आपको वहाँसे अन्तर्हित देखकर मैं किसी पुण्यहीना कामिनीकी तरह आपको खोजती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुई पृथिवीपर घूम रही हूँ ॥ १८ ॥ मैं कमल आदि पुष्पोंसे भरे सरोवरों तथा फूलोंके गुच्छों युक्त माधवी लता आदिमें रह चुकी हूँ ॥ १९ ॥ इसी कारण इस वर्षाकालमें मैं सुखकी अभिलाषावश इस कदम्बकोटरमें आ छिपी थी। आप पिपासार्त थे। इस कारण मैं अपना वेश छिपाकर आपको ढूँढ़ती फिरती थी ॥ २० ॥ अमृतमन्थनके समय मेरे पिता वरुणदेवने मुझे जिस तरह आपके पास भेजा था, उसी प्रकार मैं इस समय भी सर्वाङ्गसुन्दरी हूँ ॥ २१ ॥ अतएव पाताललोकमें आप जिस तरह मेरा उपभोग करते थे, उसी तरह मैं इस स्थानपर भी आपके द्वारा उपभुक्त होना चाहती हूँ। क्योंकि आप मेरे पिताके असाधारण स्नेहपात्र हैं ॥ २२ ॥ हे देव! यदि आप मुझे डाँटकर भगाना चाहेंगे, फिर भी मैं आपको न छोड़ूँगी। आपके सिवाय मैं और किसीकी भी सेवा नहीं करना चाहती ॥ २३ ॥ हे महाराज! इतनी बात कहकर जब वारुणी चली गयी, तब आदिपद्मके चिह्नसे चिह्नित कुंडल धारण

पुष्पचक्रानुलिप्तेषु केसरेषूषितं मया ॥ अतिमुक्तेषु चाक्षोभ्य पुष्पस्तबकवत्सु च ॥ १९ ॥ अहं कदम्बमालीना मेघकाले सुखप्रिया ॥ तृषितं मार्गमाणा त्वां स्वेन रूपेण छादिता ॥ २० ॥ साऽस्मि पूर्णेन योगेन यथैवामृतमन्थने ॥ समीपं प्रेषिता पित्रा वरुणेन तवानघ ॥ २१ ॥ सा यथैवार्णवगता तथैव वडवामुखे ॥ त्वयोपभोक्तुमिच्छामि संमतस्त्वं हि मे गुरुः ॥ २२ ॥ न त्वानन्तं परित्यक्ष्ये भर्त्सिताऽपि त्वाऽनघ ॥ नाहं त्वया विना लोकानुत्सहे देव सेवितुम् ॥ २३ ॥ आदिपद्मं च पद्माङ्कं दिव्यं श्रवणभूषणम् ॥ कौशेयानि च नीलानि समुद्राहाणि बिभ्रती ॥ २४ ॥ मदिरानन्तरं कान्तिः संकर्षणमुपस्थिता ॥ मदेनागलितश्रोणी किंचिदाघूर्णितेक्षणा ॥ २५ ॥ प्रोवाच प्रणयात्कान्तिर्बद्धाञ्जलिपुटा सती ॥ जयपूर्वेण योगेन सस्मितं वाक्यमर्थवत् ॥ २६ ॥ अहं चन्द्रादपि गुरुं सहस्रशिरसं प्रभुम् ॥ स्वैर्गुणैरनुरक्ता त्वां यथैव मदिरा तथा ॥ २७ ॥ श्रीश्च पद्मालया देवी विधेया वैष्णवोरसि ॥ रौहिणेयोरसि शुभा मालेवामलतां गता ॥ २८ ॥ सा मामाममलां गृह्य बलस्योरसि दर्शिता ॥ पद्मास्या पद्महस्ता वै संकर्षणमथाब्रवीत् ॥ २९ ॥ राम रामाभिरामस्त्वं वारुण्या समलंकृतः ॥ कान्त्या मया च देवेश सङ्गतश्चन्द्रमा यथा ॥ ३० ॥ इयं च सा मया मौलिः प्रोद्धृता वरुणालयात् ॥ मूर्ध्नि शीर्षसहस्रस्य या ते भानुरिवाबभौ ॥ ३१ ॥ जातरूपमयं चैकं कुण्डलं वज्रभूषितम् ॥ आदि-

किये और समुद्रके रङ्गसे मिलता-जुलता नील कौशेय वस्त्र पहने मदगलित नितम्बिनी एवं घूमते हुए नेत्रोंवाली शशिप्रियतमा कान्ति बलरामके साथ सहवासकी इच्छासे उनके सम्मुख जाकर खड़ी हो गयी। मन्द मुसकानपूर्वक हाथ जोड़कर उसने बलदेवकी जयजयकार करके कहा—॥ २४–२६ ॥ हे देव! आप मुझे चन्द्रमासे भी अधिक प्रिय लग रहे हैं। वारुणी जिस तरह आपपर अनुरक्त है, उसी तरह मैं भी आपपर आसक्त हूँ ॥२७॥ विष्णुप्रिया भगवती लक्ष्मी भी एक सुन्दर मालाकी तरह बलरामके हृदयसे जा लिपटीं ॥ २८ ॥ कमलसदृश सुन्दर मुखवाली और कमलधारिणी भगवती लक्ष्मी उन्हें एक दिव्य माला पहनाकर बोलीं—॥ २९ ॥ हे राम! वारुणीसे अलंकृत होकर आप बड़े सुन्दर लग रहे हैं। कान्ति तथा मेरे साथ रहनेके कारण चन्द्रमाके समान आपकी शोभा हो रही है ॥ ३० ॥ आपका जो मुकुट आपके हजार मस्तकोंपर सूर्यके समान सुशोभित हो रहा है, उसे समुद्रसे निकालकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैं ही लायी हूँ ॥३१॥ अतएव आप अपना मुकुट, हीरकजटित स्वर्णकुण्डल, आपकी इच्छाके अनुरूप नीलकौशेय वसन और समुद्रके अन्तस्तलसे प्राप्त यह मोटा हार आप स्वीकार करें। इन्हें लेकर आप पहलेके समान धारण कर लें। क्योंकि इस समय आपके आभूषण धारण करनेका उपयुक्त समय उपस्थित है ॥ ३२–३४ ॥ उस समय शारदीय चन्द्रमाके सदृश द्युतिमान् बलराम उन अलंकारों तथा तीनों देवाङ्गनाओं (वारुणी, कान्ति और लक्ष्मी) को ग्रहण करके बहुत शोभित हुए ॥ ३५ ॥ तदनन्तर श्याम घनसदृश नीलवर्ण कृष्णसे मिलकर राहुमुक्त पूर्ण चन्द्रमाके समान सुन्दर बलराम अपार आनन्दका अनुभव करने लगे ॥ ३६ ॥ जब कि बलराम और कृष्ण बैठकर वार्तालाप कर रहे थे, उसी समय रणविजयी, तेजस्वी, दैत्योंके शस्त्रोंका आघात सहे हुए, देवताओंकी विजय चाहनेवाले, दिव्य माल्य और अनुलेप धारण किये सद्यः संग्राममुक्त विनतातनय गरुड़जी बड़े वेगसे वहाँ आ पहुँचे ॥३७॥३८॥

पद्मं च पद्माक्षं दिव्यश्रवणभूषणम् ॥ ३२ ॥ कौशेयानि च नीलानि समुद्रार्हाणि भावतः ॥ हारं च पीनतरलं समुद्राभ्यन्तरोषितम् ॥ ३३ ॥
देवेमां प्रतिगृह्णीष्व पौराणीं भूषणक्रियाम् ॥ समयस्ते महाबाहो भूषणानामलंक्रिया ॥ ३४ ॥ संगृह्य तमलंकारं ताश्च तिस्रः सुरस्त्रियः ॥ शुशुभे
बलदेवो हि शारदेन्दुसमप्रभः ॥ ३५ ॥ स समागम्य कृष्णेन जलजाम्भोदवर्चसा ॥ मुदं परमिकां लेभे ग्रहमुक्तः शशी यथा ॥ ३६ ॥ ताभ्या-
मुभाभ्यां संलापो वर्तमाने गृहे यथा ॥ वैनतेयस्ततोऽध्वानमतिचक्राम वेगतः ॥ ३७ ॥ संग्राममुक्तस्तेजस्वी दैत्यप्रहरणाङ्कितः ॥ देवतानां जय-
श्लाघी दिव्यस्रगनुलेपनः ॥ ३८ ॥ सुप्तस्य शयने दिव्ये क्षीरोदे वरुणालये ॥ विष्णोः किरीटं दैत्येन हृतं वैरोचनेन वै ॥ ३९ ॥ तदर्थस्तेन
संग्रामः कृतो गुर्वर्थमोजसा ॥ किरीटार्थे समुद्रस्य मध्ये दैत्यगणैः सह ॥ ४० ॥ मोक्षयित्वा किरीटं तु वैष्णवं पततां वरः ॥ व्यत्यक्रमत वेगेन
गगनं देवतालयम् ॥ ४१ ॥ स ददर्श गुरुं शैले विष्णुं कार्यान्तरागतम् ॥ तेन क्रीडावलम्बेन किरीटेन विराजता ॥ ४२ ॥ स दृष्ट्वा मानुषं विष्णुं
शैलराजशिरोगतम् ॥ प्रकाशचेष्टानिर्मुक्तं विमौलिमिव मानुषम् ॥ ४३ ॥ अभिज्ञस्तस्य भावानां गरुत्मान्पततां वरः ॥ चिक्षेप खं गतो मौलिं
विष्णोः शिरसि हृष्टवत् ॥ ४४ ॥ उपेन्द्रमूर्ध्नि सा मौलिरपिनद्धा इवापतत् ॥ शिरसः स्थाननिर्मुक्ता कृष्णं चैवान्वशोभयत् ॥ ४५ ॥ यथैव मेरु-
शिखरे भानुर्मध्यदिने यथा ॥ वैनतेयप्रयोगेण विदित्वा मौलिमागताम् ॥ ४६ ॥ कृष्णः प्रहृष्टवदनो रामं वचनमब्रवीत् ॥ त्वरते खलु कार्यार्थो

पूर्वकालमें जब विष्णु भगवान क्षीरसागरमें दिव्य शय्यापर निद्राका आनन्द ले रहे थे, तभी दैत्यराज बलि उनका किरीट चुराकर ले भागा ॥३९॥ उस किरीटके लिए गरुड़ने दैत्योंके साथ प्राणपणसे एक हजार वर्षतक युद्ध करके विजय प्राप्त की और विष्णुभगवानका किरीट कन्धेपर लेकर बड़े वेगसे देवताओंके निवासस्थान आकाशकी ओर उड़े ॥ ४० ॥ ४१ ॥ एक गिरिशिखरपर गरुड़ने देखा कि भगवान् विष्णु किसी कार्यविशेषके लिए मनुष्यका रूप धारण करके मुकुटविहीन मनुष्यके समान विचर रहे हैं ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ भगवानके मनोगत भावज्ञ विज्ञ गरुड़ने प्रसन्नतापूर्वक वह किरीट आकाशसे ही उनके मस्तकपर गिरा दिया ॥ ४४ ॥ गिरते ही वह किरीट भगवानके मस्तकपर आकर बैठ गया। इससे भगवान कृष्णकी शोभा और भी बढ़ गयी ॥४५॥ ठीक स्थानपर बैठ जानेसे वह किरीट सुमेरुपर्वतपर विद्यमान सूर्यके समान सुशोभित हो उठा। बादमें भगवान कृष्णको मालूम हो गया कि यह काम गरुड़का ही है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥४६॥ तब बहुत प्रसन्न होकर श्रीकृष्णने बलरामसे कहा—आर्य ! जब इस पर्वतपर ही संग्रामभूमिकी रचना होनी है तो यह निश्चित ज्ञात होता है कि अब देवताओंका कार्य पूर्ण होनेमें विलम्ब नहीं है । मैं समुद्रमें जब शेषशय्यापर सो रहा था, तब विरोचनतनय बलिने ग्राहका रूप धारण करके मेरा मुकुट चुरा लिया था। अब इन्द्ररूपधारी पक्षिराज गरुड़ समुद्रविवरसे वह मुकुट ले आये हैं । इन लक्षणोंसे ज्ञात होता है कि राजा जरासन्ध आ गया है ॥ ४७–५० ॥ उधर देखिए, विजयेच्छुक राजाओंके वायुवेगगामी रथोंकी ध्वजाओंके अग्रभाग एवं चन्द्रमा सदृश शुभ्र छत्र दिखायी दे रहे हैं । उन राजाओंके रथोंपर विराजमान उच्च छत्रपंक्तियाँ आकाशमण्डलमें उड़नेवाली श्वेत हंसोंकी पंक्तियां जैसी लगती हैं और वे बराबर हमारी ही ओर बढ़ी चली आ रही हैं । निर्मल शस्त्रास्त्रोंकी प्रभाने सूर्यकी किरणोंमें मिलकर दसों दिशाओंको जगमगा दिया है । रणभूमिमें मेरे ऊपर प्रयुक्त होते ही ये सब शस्त्र नष्ट हो जायँगे । अस्तु, जरासन्ध

देवतानां न संशयः ॥ ४७ ॥ यथेयमावयोः शैले संग्रामे रचना कृता ॥ वैरोचनेन सुप्तस्य मम मौलिर्महोदधौ ॥ ४८ ॥ शक्रस्य सदृशं रूपं दिव्यमास्थाय सागरात् ॥ ग्राहरूपेण यो नीत आनीतोऽसौ गरुत्मता ॥ ४९ ॥ ममाहिशयनान्मौलिर्हृत्वा क्षिप्तो गरुत्मता ॥ सुव्यक्तं सन्निकृष्टः स जरासंधो नराधिपः ॥५०॥ लक्ष्यंते हि ध्वजाग्राणि रथानां वातरंहसाम् ॥ एतानि विजिगीषूणां शशिकल्पानि भूभृताम् ॥ ५१ ॥ छत्राण्यार्य विराजन्ते दंशितानि सितानि च ॥ अहो नृपरथोदग्रा विमलाश्छत्रपङ्क्तयः ॥ ५२ ॥ अभिवर्त्तन्ति नः शुभ्रा यथा खे हंसपङ्क्तयः ॥ अहो द्यौर्विमलाभानां शस्त्राणां विमलानना ॥ ५३ ॥ प्रभा भास्करभामिश्रा चरन्तीव दिशो दश ॥ एतानि नूनं समरे पार्थिवैरायुधानि च ॥ ५४ ॥ क्षिप्तानि विनशिष्यन्ति मयि सर्वाणि संयुगे ॥ काले खलु नृपः प्राप्तो जरासन्धो महीपतिः ॥ ५५ ॥ आवयोर्युद्धनिकषः प्रथमः समरातिथिः ॥ आर्य तिष्ठाव सहितौ न खल्वनागते नृपे ॥ ५६ ॥ युद्धारम्भः प्रयोक्तव्यो बलं तावद्विमृश्यताम् ॥ एवमुक्त्वा ततः कृष्णः स्वस्थः संग्रामलालसः ॥५७॥ जरासन्धवधं प्रेप्सुश्चकार बलदर्शनम् ॥ वीक्षमाणश्च तान्सर्वान्नृपान्यदुवरोऽव्ययः ॥५८॥ आत्मानमात्मनोवाच यत्पूर्वं दिवि मन्त्रितम् ॥ इमे ते पृथिवीपालाः पार्थिवे वर्त्मनि स्थिताः ॥ ५९ ॥ ये विनाशं गमिष्यन्ति शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥ प्रोक्षितान्खलिवमान्मन्ये मृत्युना नृपसत्तमान् ॥ स्वर्गगामीनि चाप्येषां वपूंषि प्रचकाशिरे ॥ ६० ॥ स्थाने भारपरिश्रान्ता वसुधेयं दिवं गता ॥ एषां नृपतिसिंहानां बलौघैरभिपीडिता

ठीक समयपर आया है ॥ ५१–५५ ॥ हमारे बलाबलकी परीक्षाके लिए निकष (कसौटी) स्वरूप समरभूमिमें प्राप्त वह सर्वप्रथम अतिथि हैं । हे आर्य ! आइए, हम लोग बैठें । जब तक जरासन्ध न आयेगा, तबतक तो युद्ध होगा नहीं। इस लिए तबतक हमलोग अपने बलपर विचार करें । ऐसा कहकर समराभिलाषी महात्मा कृष्ण जरासन्धके वधकी इच्छासे अपना सैन्यबल देख लगे । तदनन्तर उन सब राजाओंको देखकर अविनाशी यदुवीर कृष्ण मन ही मन कहने लगे—ये सब राजे यममार्गको जानेके लिए तैयार खड़े हैं । ये लोग शास्त्रविहित कर्मोंके अनुसार मरणको प्राप्त होंगे । मृत्युने इन सभी राजाओंके शरीरको जलसे प्रोक्षित कर दिया है । इनका शरीर स्वर्गको जानेके लिए उद्यत होकर इस समय किस प्रकार देदीप्यमान हो रहा है ॥ ५६–६० ॥ जो इन सब राजाओंकी सेनाके भारसे दबकर पृथिवी अपना दुःख सुनानेके लिए स्वर्गमें ब्रह्माजीके पास गयी थी तो इसमें आश्चर्यकी क्या बात है ! इन्हींके राज्य और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सेनाके कारण पृथिवी सर्वथा निरवकाश हो गयी है। जो भी हो, अब शीघ्र ही पृथिवी निरुपद्रव हो जायगी और आकाशमण्डल राजाओंके समूहसे परिपूर्ण हो जायगा ॥ ६१ ॥ ६२ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥

(गोमन्तपर्वतका दहन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर नृपश्रेष्ठ जरासन्ध अन्यान्य राजाओं और उनकी सेनाके साथ गामन्त पर्वतपर जा पहुँचा ॥ १ ॥ अश्व-विद्याविशारदों द्वारा सुशिक्षित उन्नत तथा विस्तृत अश्वसंयुक्त लड़ाकू रथों, सुवर्णकी शृङ्खलाओं तथा बड़े-बड़े घंटोंयुक्त रणकुशल एवं जिनपर महावत बैठे थे ऐसे मेघसदृश सुशिक्षित हाथियों, जिनपर सवार बैठे हुए थे ऐसे वायु तथा बाणके समान वेगसे दौड़नेवाले एवं बारम्बार हिनहिनानेवाले घोड़ों तथा आकाशमें उड़नेवाले सर्पोंके समान उछलनेवाले ढाल-तलवारधारी

॥ ६१ ॥ अल्पेन खलु कालेन विविक्तं पृथिवीतलम् ॥ भविष्यति नरेन्द्रौघैराकीर्णं च नभस्तलम् ॥ ६२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि जरासन्धाभिगमनं नाम द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जरासन्धस्ततः प्राप्तो नृपः सर्वमहीक्षिताम् ॥ नराधिपैर्बलयुतैरनुयातो महाद्युतिः ॥ १ ॥ व्यायतोदग्रतुरगैर्विस्पष्टार्थ-समाहितैः ॥ रथैः सांग्रामिकैर्युक्तैरसङ्गगतिभिः क्वचित् ॥२॥ हेमकक्षैर्महाघण्टैर्वारणैर्वारिदोपमैः ॥ महामात्रोत्तमारूढैः कल्पितै रणवल्गितैः ॥ ३ ॥ सारूढैः सादिभिर्युक्तैः प्रेङ्खमाणैः प्रवल्गितैः ॥ वाजिभिर्वायुसंकाशैः प्लवद्भिरिव पत्रिभिः ॥४॥ खड्गचर्मबलोदग्रैः पत्रिभिर्वल्गिताम्बरैः ॥ सहस्रसंख्यै-र्निर्मुक्तैरुत्पतद्भिरिवोरगैः ॥५॥ एवं चतुर्विधैः सैन्यैः प्रचलद्भिरिवांबुदैः ॥ नृपोऽभियातो बलवाञ्जरासन्धो धृतव्रतः ॥६॥ स रथैर्नेमिर्घोषैश्च गजैश्च मदसिञ्चितैः ॥ हेषद्भिश्चापि तुरगैः क्ष्वेडितोग्रैश्च पत्तिभिः ॥७॥ सन्नादयन्दिशः सर्वाः सर्वांश्चापि गुहाशयान् ॥ स राजा सागराकारःससैन्यः प्रत्य-दृश्यत ॥८॥ तद्बलं पृथिवीशानां हृष्टयोधजनाकुलम् ॥ क्ष्वेडितास्फोटितरवं मेघसैन्यमिवाबभौ ॥९॥ रथैः पवनसंपातैर्गजैश्च जलदोपमैः ॥ तुरगैश्च सिताभ्राभैः पत्तिभिश्चापि दंशितैः ॥१०॥ व्यामिश्रं तद्बलं भाति पत्तिद्विपरथाकुलम् ॥ घर्मान्ते सागरगतं यथाऽभ्रपटलं तथा ॥११॥ सबलास्ते महीपाला जरासन्धपुरोगमाः ॥ परिवार्य गिरिं सर्वे निवेशायोपचक्रमुः ॥१२॥ बभौ तस्य निविष्टस्य बलश्रीः शिबिरस्य वै ॥ शुक्लपर्वणि पूर्णस्य

असंख्य पैदल सैनिकों तथा उड़ते हुए बादलोंके समान चार प्रकारकी सेनाओंके साथ जरासन्ध गोमन्त पर्वतपर गया ॥ २–६ ॥ रथोंके पहियोंके घर्घर शब्द, मतवाले हाथियोंके गर्जन, घोड़ोंकी हिनहिनाहट और पैदल सैनिकोंके सिंहनादसे दसों दिशायें प्रतिध्वनित हो उठीं ॥ ७ ॥ यह कोलाहल सुनकर उस पर्वतकी गुफाओंमें सोनेवाले सिंह गर्जन करने लगे। इस प्रकार एक सागराकार सेना लेकर जरासन्ध वहाँ पहुँचा ॥ ८ ॥ उसके साथवाले राजाओंके रणोन्मत्त सैनिक बड़े हर्षके साथ सिंहनाद करते हुए ताल ठोंकने लगे तो वह सेना मेघ-सैन्यके सदृश दिखायी देने लगी ॥ ९ ॥ वायुके समान वेगवान् रथों, श्वेत मेघ सदृश श्वेत घोड़ों, जलदोपम ऊँचे हाथियों और सेनाके अलंकारस्वरूप पैदल सेनाके एक साथ मिल जानेपर वह सेना वर्षा ऋतुमें समुद्रपर छाये हुए बादलोंके समान मालूम पड़ने लगी ॥ १० ॥ ११ ॥ सेनाके साथ जरासन्ध आदि राजे वहाँ पहुँचते ही चारों ओरसे उस पर्वतको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घेरकर अपना-अपना शिविर बनाने लगे ॥१२॥ चारों ओर शिविर स्थापित हो जानेपर ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानों पूर्ण चन्द्रमाका दर्शन करके समुद्र उछल रहा है ॥१३॥ तदनन्तर जब रात बीत गयी और सबेरा हुआ तो वे युद्धाभिलाषी राजे सामयिक मंगलकार्य सम्पन्न करके पर्वतके ऊपर चढ़नेके लिए एकत्र हुए ॥ १४ ॥ उस पर्वतकी तलेटीमें एकत्रित होकर वे युद्धकुतूहलसम्पन्न राजे परस्पर मन्त्रणा करने लगे ॥ १५ ॥ प्रलयकालके अवसरपर समुद्रमें क्षोभ उत्पन्न होनेसे जैसा भीषण हाहाकार सुनायी देता है, उसी प्रकार उन राजाओंका कोलाहल सुनायी देने लगा ॥ १६ ॥ उस समय राजा जरासन्धके आदेशानुसार कंचुकी और उष्णीषधारी स्थविर पुरुष हाथ बेंत लेकर 'शोर मत करो' ऐसा कहते हुए टहलने लगे ॥ १७ ॥ उनके ऐसा करनेपर शीघ्र वह सैन्यसमुदाय इस प्रकार शान्त हो गया कि जैसे समुद्रके सर्प-मीन आदि जल-जन्तु सो गये हों और वह शान्त हो गया हो ॥१८॥ योग धारण करनेवाले योगियोंकी तरह उस सेनाके निस्तब्ध हो जानेपर जरासन्धने बृहस्पतिके समान गम्भीर वाणीमें घोषणा की—शीघ्र सब राजाओंकी सेना आगे बढ़े और चारों ओरसे

यथारूपं महोदधेः ॥ १३ ॥ वीतरात्रे ततः काले नृपास्ते कृतकौतुकाः ॥ आरोहणार्थं शैलस्य समेता युद्धलालसाः ॥ १४ ॥ समवायीकृताः सर्वे गिरिप्रस्थेषु ते नृपाः ॥ निविष्टा मन्त्रयामासुर्युद्धकालकुतूहलाः ॥१५॥ एषा तु तुमुलः शब्दः शुश्रुवे पृथिवीक्षिताम् ॥ युगान्ते भिद्यमानानां सागराणां यथा स्वनः ॥१६॥ तेषां सकञ्चुकोष्णीषाः स्थविरा वेत्रपाणयः ॥ चेरुर्मा शब्द इत्येवं ब्रुवन्तो राजशासनात् ॥१७॥ तस्य रूपं बलस्यासीन्निःशब्दस्तिमितस्य वै ॥ लीनमीनभुजङ्गस्य निःशब्दस्य पयोदधेः ॥१८॥ तस्मिन्स्तिमितनिःशब्दे योगादिव महार्णवे ॥ जरासन्धो बृहद्वाक्यं बृहस्पतिरिवाददे ॥१९॥ शीघ्रं समभिवर्तन्तां बलानीह महीक्षिताम् ॥ सर्वतः पर्वतश्चायं बलौघैः परिवार्यताम् ॥ २० ॥ अश्मयन्त्राणि युज्यन्तां क्षेपणीयाश्च मुद्गराः ॥ ऊर्ध्वं चापि प्रवाह्यन्तां प्रासा वै तोमराणि च ॥ २१ ॥ ऊर्ध्वं प्रक्षेपणार्थाय दृढानि च लघूनि च ॥ शस्त्रपातविघातानि क्रियन्तामाशु शिल्पिभिः ॥ २२ ॥ शूराणां युद्धयमानानां प्रमत्तानां परस्परम् ॥ यथा नरपतिः प्राह तथा शीघ्रं विधीयताम् ॥ २३ ॥ दार्यतामेष टङ्कौघैः खनित्रैश्च नगोत्तमः ॥ नृपाश्च युद्धमार्गज्ञा विन्यस्यन्तामदूरतः ॥ २४ ॥ अद्यप्रभृति सैन्यैर्मे गिरिरोधः प्रवर्त्यताम् ॥ यावदेतौ पातयामो वसुदेवसुतावुभौ ॥ २५ ॥ अचलोऽयं शिलायोनिः क्रियतां निश्चलाण्डजः ॥ आकाशमपि बाणौघैर्निःसंपातं विधीयताम् ॥ २६ ॥ मयाऽनुसृष्टास्तिष्ठन्तु गिरिभूमिषु

इस पर्वतपर घेरा डाल दें ॥ १९ ॥ २० ॥ पत्थर फेंकनेवाला अश्मयन्त्र, क्षेपणीय और मुद्गर प्रभृति शस्त्रास्त्र यथास्थान रख दिये जायँ। प्रास और तोमरास्त्र पर्वतके ऊपर चढ़ा दिये जायँ ॥ २१ ॥ कारीगर लोग ऊपर फेंकनेके लिए सुदृढ़ और लघु अस्त्र प्रक्षेपणयंत्र तैयार करें ॥ २२ ॥ योधागण रणमत्त होकर जब युद्धकार्यमें लग जायँ तो उनके वाहन भटककर नीचे न गिर पड़ें, ऐसा कोई उपाय किया जाय ॥ २३ ॥ टाँकियों और खनित्रोंसे पर्वतको ढहानेका कार्य आरम्भ कर दो। युद्धमार्गके विज्ञ राजे थोड़ी-थोड़ी दूरपर चौकियाँ बनाकर टिक जायँ ॥ २४ ॥ आजसे लेकर जबतक मैं वसुदेवके दोनों पुत्रोंको न मार गिराऊँ, तबतक हमारी सब सेना इस पर्वतको घेरकर पड़ी रहे ॥ २५ ॥ इस शिलामय पर्वतको छिन्न-भिन्न करके गतिविहीन पक्षीकी भाँति व्यर्थ कर डालो। तुम लोग ऐसी बाणवर्षा करो कि आकाशमें भी कुछ जगह न रह जाय ॥ २६ ॥ जिन-जिन राजाओंके लिए मैंने जो-जो स्थान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नियत कर दिया है, वे शीघ्र अपने-अपने स्थानोंपर डट जायँ ॥ २७ ॥ मद्र, कलिंगराज, चेकितान, वाह्लीक, कश्मीरराज, गोनर्द, कैकयनरेश, द्रुम, किम्पुरुषगण और पर्वत-निवासी मालवगण, ये राजे इस पर्वतके पश्चिमी छोरपर चढ़ जायँ ॥ २८ ॥ २९ ॥ पुरुवंशोद्भव राजा वैणुदारि, वैदर्भ, सोमक, रुक्मी, भोजनरेश, सूर्याक्ष, मालव, पंचालाधिपति द्रुपद, अवन्तिराज विन्द और अनुविन्द, परम पराक्रमी दन्तवक्त्र, छागलि, पुरुमित्र, महाराज विराट, कौशाम्बीनरेश, शतधन्वा, विदूरथ, भूरिश्रवा, त्रिगत और बाण ये वज्रसदृश कठोर राजे शत्रुओंको ध्वस्त करते हुए इस उत्तरी पार्श्वमें जायँ। कैतवेय, उलूक, अंशुमान्का पुत्र वीर एकलव्य, दृढ़ाक्ष, क्षत्रधर्मा जयद्रथ, उत्तमौजा, शाल्व, केरलनरेश, कैशिक, विदिशाधिपति वामदेव और बलवान् सुकेतु, ये राजे इस पर्वतके पूर्वपार्श्वसे चढ़कर वायु जिस तरह मेघोंको छिन्न-भिन्न करता हुआ उनका पीछा करता है, उसी प्रकार ये इस पर्वतको विदीर्ण करते

भूमिपाः ॥ तेषु तेष्ववकाशेषु शीघ्रमारुह्यतां गिरिः ॥ २७ ॥ मद्रः कलिङ्गाधिपतिश्चेकितानश्च बाह्लिकः ॥ काश्मीरराजो गोनर्दः करूषाधिपति-स्तथा ॥२८॥ द्रुमः किम्पुरुषश्चैव पार्वतीयाश्च मालवाः ॥ पर्वतस्यापरं पार्श्वं क्षिप्रमारोहयन्त्वमी ॥२९॥ पौरवो वैणुदारिश्च वैदर्भः सोमकस्तथा ॥ रुक्मी च भोजाधिपतिः सूर्याक्षश्चैव मालवः ॥ ३० ॥ पाञ्चालाधिपतिश्चैव द्रुपदश्च नराधिपः ॥ विन्दानुविन्दावावन्त्यौ दन्तवक्त्रश्च वीर्यवान् ॥ ३१ ॥ छागलिः पुरमित्रश्च दरदश्च महीपतिः ॥ कौशाम्ब्यो मालवश्चैव शतधन्वा विदूरथः ॥ ३२ ॥ भूरिश्रवास्त्रिगर्तश्च बाणः पञ्चनदस्तथा ॥ उत्तरं पर्वतोद्देशमेते दुर्गसहा नृपाः ॥ ३३ ॥ आरोहन्तु विमर्दन्तो वज्रप्रतिमगौरवाः ॥ उलूकः कैतवेयश्च वीरश्चांशुमतः सुतः ॥ ३४ ॥ एकलव्यो दृढाश्वश्च क्षत्रधर्मा जयद्रथः ॥ उत्तमौजास्तथा शाल्वः कैरलेयश्च कैशिकः ॥ ३५ ॥ वैदिशो वामदेवश्च सुकेतुश्चापि वीर्यवान् ॥ पूर्वपर्वतनिर्व्यूह्मेतेष्वायतमस्तु नः ॥ ३६ ॥ विदारयन्तो धावन्तो वाता इव बलाहकान् ॥ अहं च दरदश्चैव चेदिराजश्च वीर्यवान् ॥ ३७ ॥ दक्षिणं शैलनिचयं दारयिष्याम दंशिताः ॥ एवमेष गिरिः क्षिप्रं समन्ताद्वेष्टितो बलैः ॥ ३८ ॥ वज्रप्रपातप्रतिमं प्राप्नोतु तुमुलं भयम् ॥ गदिना वं गदाभिश्च परिघैः परिघायुधाः ॥ ३९ ॥ अपरे विविधैः शस्त्रैर्दारयन्तु नगोत्तमम् ॥ एष भूमिधरोऽद्यैव विषमोच्चशिलान्वितः ॥ ४० ॥ काया भूमिसमः सर्वो भवद्भिर्वसुधाधिपैः ॥ जरासन्धवचः श्रुत्वा पार्थिवा राजशासनात् ॥ ४१ ॥ गोमन्तं वेष्टयामासुः सागराः पृथिवीमिव ॥ उवाच राजा चेदीनां देवानां

हुए आगे बढ़ें ॥ ३०–३६ ॥ स्वयं मैं दरद और बलवान् चेदिराजके साथ कवच धारण करके इस पर्वतके दक्षिणी भागका विदारण करूँगा। इस प्रकार वज्रके समान कठोर शस्त्रास्त्रोंसे इस पर्वतको विदीर्ण करनेका कार्य आरम्भ कर दो। गदाधारी वीर गदा, परिघधारी परिघ और अन्यान्य शस्त्रधारी वीर अन्यान्य शस्त्र लेकर इस पर्वतको खोदना प्रारम्भ कर दें। हे राजाओं! आप लोगोंको आज ही यह पर्वत खोदकर समतल भूमिके रूपमें परिणत कर देना है। जरासन्धके वचन सुनकर उसके आदेशानुसार, समुद्र जिस तरह पृथिवीका परिवेष्टन करके स्थित है, उसी प्रकार उन राजसैनिकोंने गोमन्त पर्वतको परिवेष्टित कर लिया। उसी समय इन्द्र सदृश तेजस्वी चेदिराजने सब लोगोंको सम्बोधित करके कहा—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ३७–४२ ॥ इस दुर्गम गोमन्त पर्वतपर हमें युद्ध करनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि यह अत्यन्त कठिनाईसे चढ़ने योग्य, ऊँचे शिखरोंवाला और ऊँचे-ऊँचे कँटीले वृक्षोंसे भरा हुआ है ॥ ४३ ॥ अतएव कोई अन्य उपाय न करके आज ही इस पर्वतके चारों ओर घास-फूस तथा लकड़ियोंका ढेर लगाकर इसे जला दो ॥ ४४ ॥ सुकुमार क्षत्रिय बाण-युद्धमें निपुण होते हैं, उन्हें दुरारोह पर्वतपर चढ़नेके काममें लगाना अनुचित है ॥ ४५ ॥ विशेष अवरोध या आक्रमण करके देवता भी इस पर्वतका विदारण करनेमें समर्थ नहीं हो सकते ॥ ४६ ॥ दुर्गमयुद्धके अवसरपर आक्रमणकी नीति ही अच्छी होती है। अवरोधयुद्धमें पर्वतके सहारे टिके हुए राजाओंका अन्न-जल और काष्ठ आदि आवश्यक वस्तुओंके चुक जानेपर उन्हें नष्ट हो जाना पड़ता है ॥ ४७ ॥ 'हमारी जनसंख्या अधिक है और यादव केवल दो व्यक्ति हैं।' यह सोचकर अवज्ञापूर्वक उनपर आक्रमण करना तो मुझे युक्तिसंगत नहीं ज्ञात होता ॥ ४८ ॥ क्योंकि उन दोनोंमें असीम बल है। मैंने सुना है कि वे देवताओंके तुल्य पराक्रमी हैं। वे यद्यपि देखनेमें बालक हैं, किन्तु उनके कार्य देखकर उन्हें

मघवानिव ॥ ४२ ॥ किं ते युद्धेन दुर्गेऽस्मिन्गोमन्ते च नगोत्तमे ॥ दुरारोहश्च शिखरे प्रांशुपादपकण्टके ॥ ४३ ॥ काष्ठैस्तृणैश्च बहुभिः परिवार्य समन्ततः ॥ अद्यैव दीप्यतां क्षिप्रमलमन्येन कर्मणा ॥ ४४ ॥ क्षत्रियाः सुकुमारा हि रणे सायकयोधिनः ॥ नियुक्ताः पर्वते दुर्गे नियोक्तुं पाद-योधिनः ॥ ४५ ॥ न नामप्रतिबन्धेन न चावस्कन्दकर्मणा ॥ शक्य एष गिरिस्तात देवैरप्यवमर्दितुम् ॥ ४६ ॥ दुर्गयुद्धे क्रमः श्रेयान्रोधयुद्धे न पार्थिवाः ॥ भक्तोदकेन्धनैः क्षीणाः पात्यन्ते गिरिसंश्रिताः ॥ ४७ ॥ वयं बहव इत्येवं नार्थेषु निपुणो नयः ॥ यादवौ नावमन्तव्यौ द्वावप्येतौ रणे स्थितौ ॥ ४८ ॥ अविज्ञातबलावेतौ श्रूयेते देवसंमितौ ॥ कर्मभिस्त्वमरौ विद्धो बालावतिबलान्वितौ ॥ ४९ ॥ दुष्कराणीह कर्माणि कृतवन्तौ यदूत्तमौ ॥ शुष्ककाष्ठैस्तृणैर्वेष्ट्य सर्वतः पर्वतो ह्ययम् ॥ ५० ॥ अग्निना दीपयिष्यामो दह्येतां गतचेतनौ ॥ यदि चेन्निष्क्रमिष्येते दह्यमानावितोऽ-न्तिके ॥ ५१ ॥ समेत्य पातयिष्यामस्त्यक्ष्यतो जीवितं ततः ॥ वाक्यमेतत्तु रुरुचे सबलानां महीक्षिताम् ॥ ५२ ॥ यदुक्तं चेदिराजेन नृपाणां हितशंसिना ॥ ततः काष्ठैस्तृणैर्वंशैः शुष्कशाखैश्च पादपैः ॥ ५३ ॥ उपादीप्यत शैलेन्द्रः सूर्यपादैरिवाम्बुदः ॥ ददुस्ते सर्वतस्तूर्णं पावकं तत्र पार्थिवाः ॥ ५४ ॥ यथोद्देशं यथावातं शैलस्य लघुविक्रमाः ॥ स वायुदीपितो वह्निरुत्पपात समन्ततः ॥ ५५ ॥ सधूमज्वालमालाभिर्भाभिः खमिव

अतिबली देवता ही कहा जा सकता है। उन दोनोंने बड़े-बड़े कठिन कार्य किये हैं। इसलिए सर्वोत्तम उपाय यही है कि शुष्क काष्ठ और घास-फूस द्वारा इस पर्वतको चारों ओरसे घेरकर आग लगा दी जाय। ऐसा करनेसे वे दोनों बालक उसीमें जल मरेंगे। यदि कदाचित् झुलसकर वे उसमेंसे बच निकलेंगे तो हमलोग मिलकर उन्हें समाप्त कर देंगे। चेदिराजका यह परामर्श सब राजाओंको पसन्द आया और उन्होंने उसके कथनका समर्थन किया। योजनानुसार तृण, काष्ठ, बाँस और वृक्षोंकी सूखी डालियाँ जुटाकर उस पर्वतके चारों ओर स्तूप जैसा बना दिया गया और उसमें आग लगा दी गयी। उस समय जलता हुआ गोमन्त पर्वत सूर्यकी किरणोंसे रंजित मेघके समान दीखने लगा ॥ ४९–५४ ॥ उन कार्यकुशल राजाओंने वायुके अनुकूल स्थानोंपर आग लगायी थी, इस कारण वह अग्नि शीघ्र भभक उठी और चारों फैल गयी ॥ ५५ ॥ वायुके झोंकेसे उद्दीप्त वह अग्नि अपनी धूममिश्रित ज्वालाओंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आकाशमण्डलको उद्दीपित करती हुई सुन्दर वृक्षोंसे सम्पन्न गोमन्त पर्वतको जलाने लगी। जलते समय पर्वतश्रेष्ठ गोमन्त पर्वतसे बड़ी-बड़ी उल्काओंके समान सैकड़ों शिलाखण्ड चटक-चटककर छटकने लगे। सूर्यभगवान जैसे अपनी प्रभासे मेघपर व्याप्त हो जाते हैं, उसी प्रकार वह अग्नि धधककर एक साथ सारे पर्वतपर फैल गयी। जिससे धातुयें गलने लगीं और वृक्ष जलने लगे ॥ ५६–५९ ॥ पर्वतके सिंह-व्याघ्र आदि पशु इस विपत्तिसे घबड़ाकर चीत्कार करने लगे तो ऐसा लगा कि मानो वह पर्वत ऊँचे स्वरसे रुदन कर रहा हैं। आगकी लपटोंमें पड़कर वह पर्वत जब विशेष उत्तप्त हो गया तो उसमेंसे सोना, चाँदी, अंजन तथा पीतल आदि धातुयें गल-गलकर धारावाहिक रूपसे बहने लगीं। इस प्रकार अग्निसे उद्भासित हो करके भी वह पर्वत सुन्दर नहीं लगा। उसके धुएँसे चारों ओर अन्धकार छा गया और ऐसा दीखने लगा कि मानों चारों ओर मेघ घिर आये हैं। शिलाओंके खिसकने और अङ्गारवर्षाके

शोभयन् ॥ सोऽनलः पवनायस्तः काष्ठसंचयमूलवान् ॥ ५६ ॥ ददाह शैलं श्रीमन्तं गोमन्तं कान्तपादपम् ॥ स दह्यमानः शैलेन्द्रो मुमोच विपुलाः शिलाः ॥५७॥ शतशः शतधा भूत्वा महोल्काकारदर्शनाः ॥ सचित्रभानुः शैलेन्द्रो भाभिर्भानुरिवाम्बुदम् ॥ ५८ ॥ आलिम्पतीव विधिवत्समन्तार्चिरुद्धतः ॥ धातुभिः पच्यमानैश्च ज्वलद्भिश्चैव पादपैः ॥ ५९ ॥ उद्भ्रान्तश्वापदो रौति तुद्यमान इवाद्रिराट् ॥ प्रतप्तो दह्यमानस्तु स शैलः कृष्णवर्त्मना ॥ ६० ॥ रीतीर्निर्वर्तयामास काञ्चनाञ्जनराजतीः ॥ वह्निना चापि दीप्ताङ्गो गिरिर्नातिविराजते ॥ ६१ ॥ धूमान्धकारोर्ध्वतनुर्मज्जमान इवाम्बुदः ॥ विश्लिष्टोपलसंघातः कर्कशाङ्गारवर्षणः ॥ गिरिर्भात्यनलोद्गारैरुल्कावृष्टिरिवाम्बुदः ॥ ६२ ॥ प्रपातप्रस्रवोत्क्षिप्तो धूमसंवृद्धितोदरः ॥ स गिरिर्भस्मतां यातो युगान्ताग्निहतोपमः ॥ ६३ ॥ विह्वलास्तस्य पार्श्वेभ्यः सर्पा दग्धार्द्धदेहिनः ॥ श्वसन्तः पृथुमूर्द्धानो निश्चेरुरशिवेक्षणाः ॥ ६४ ॥ उत्पत्योत्पत्य गगनात्पुनः पुनरवाङ्मुखाः ॥ रेसुश्चोद्वेजिताः सिंहाः शार्दूलाश्चानलाविलाः ॥ ६५ ॥ मुमुचुः पादपाश्चैव दाहनिर्यासजं जलम् ॥ वहत्यूर्ध्वगतिर्वातो भस्माङ्गाराभिपिङ्गलः ॥ ६६ ॥ धूमच्छाया च गगने दर्पिताम्भोददर्शना ॥ त्यज्यमानो महासानुर्विहगैः श्वापदैरपि ॥६७॥ गिरिर्वैक्लव्यमायाति प्रागल्भ्यात्कृष्णवर्त्मनः ॥ स मुमोच शिलाः शैलश्चलोदग्रशिलोच्चयः ॥६८॥ वज्रेण पुरुहूतस्य

साथ-साथ आगकी ऊँची लपटें देखनेसे ऐसा ज्ञात होता था कि मानों मेघ उल्का बरसा रहे हैं ॥ ६०–६२ ॥ आगके विशेष उत्तापसे उस पर्वतके सभी झरने सूख गये और चारों ओर धुआँ फैल गया। उस समय ऐसा लगा कि मानो वह पर्वतश्रेष्ठ प्रलयाग्निकी लपटोंमें पड़कर जला जा रहा है ॥ ६३ ॥ पर्वतके पार्श्वभागमें अधजले सर्प फन फैलाकर विकराल फुफकार मारते हुए व्याकुल नेत्रोंसे इधर-उधर भागने लगे ॥ ६४ ॥ वे बार बार ऊपर चढ़नेकी चेष्टा करते थे, किन्तु पुनः नीचे गिर पड़ते थे। सिंह-व्याघ्र आदि जीव अत्यधिक व्याकुल होकर चिल्लाने लगे ॥ ६५ ॥ विशेष उत्तापके कारण वृक्षोंकी गोंदका जल चूने लगा। वहाँपर वायु राख तथा अंगारेसे पिंगलवर्णकी होकर ऊपरकी ओर बहने लगी ॥ ६६ ॥ आकाशमण्डलने धुएँसे व्याप्त होकर मेघका रूप धारण कर लिया और सभी पशु-पक्षी पर्वतके शिखरोंको त्यागने लगे ॥ ६७ ॥ अग्निके प्रभावसे उस पर्वतके क्षोभका कोई ठिकाना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं रहा। पूर्वकालमें इन्द्रके वज्रप्रहार करनेपर उस पर्वतने जैसे शिलाओंकी वर्षा की थी, उसी प्रकार अब भी अग्निका संयोग होनेपर वह शिलावर्षण करने लगा। जिन क्षत्रियोंने पर्वतको घेरकर उसमें आग लगायी थी, वे भी अग्निका विशेष उत्ताप सहनेमें असमर्थ होकर आधे कोसकी दूरीपर जा बैठे। इस प्रकार भयानकरूपसे गिरिदाहका अवसर उपस्थित होनेपर सब वृक्ष जलने लगे, उसका पादप्रदेश गलने लगा और सारा प्रदेश धुएँसे ढँक गया। तब बलरामने अत्यधिक कुपित होकर केशिसूदन कमलनयन भगवान कृष्णसे कहा—॥ ६८–७१ ॥ हमारे साथ वैर होनेके कारण शत्रुपक्षके राजाओंने सानु, वृक्ष और शिखर समेत इस गोमन्त पर्वतपर आग लगा दी है। हे कृष्ण! उधर देखिए, पर्वतपर स्थित धूमपूर्ण अग्निसे उत्तप्त वनोंके पक्षी आर्तस्वरसे चीत्कार कर रहे हैं ॥७२॥७३ ॥ यदि हमारे लिए गोमन्त पर्वत इस प्रकार भस्म हो रहा है तो इससे हमारा बड़ा अपयश होगा और हमें कलंक लगेगा ॥७४॥

यथा स्याद्दारितस्तथा ॥ आदीप्य तं तु शैलेन्द्रं क्षत्रिया व्यूहदंशिताः ॥ ६९ ॥ अर्धक्रोशमपक्रान्ताः पावकेनाभितापिताः ॥ दह्यमाने नगश्रेष्ठे सीदमानैर्महाद्रुमैः ॥७०॥ धूमभारैरनालक्ष्ये मूले शिथिलतां गते ॥ सरोषं हि तदा रामो वचनं केशिसूदनम् ॥ ७१ ॥ बभाषे पद्मपत्राक्षं स साक्षान्मधुसूदनम् ॥ दह्यतेऽयं गिरिस्तात ससानुशिखरद्रुमः ॥ ७२ ॥ आवयोः कृष्ण वैरेण बलिभिर्वसुधाधिपैः ॥ पश्य कृष्णानलोष्णानां सधूमानां समन्ततः ॥ वनानां विरसन्तीव नगाभ्याशे द्विपोत्तमाः ॥ ७३ ॥ अयं यद्यावयोरर्थे गोमन्तस्तात दह्यते ॥ अयशस्यमिदं लोके कौलीनं च भविष्यति ॥७४॥ तदस्यानृण्यहेतोर्हि नगस्य नगसन्निभ ॥ क्षत्रियान्निहनिष्यामो दोर्भ्यामेव युधां वर ॥७५॥ एते ते क्षत्रियाः सर्वे गिरिमादीप्य दंशिताः ॥ रथिनस्तात दृश्यन्ते यथादेशं युयुत्सवः ॥ ७६ ॥ एवमुक्त्वा गिरेः शृङ्गान्मेरुशृंगादिवोडुराट् ॥ निपपात बलः श्रीमान्वनमालाधरो युवा ॥ ७७ ॥ कादम्बरीमदक्षीबो नीलवासाः सिताननः ॥ स शारदेन्दुसंकाशो वनमालाचितोदरः ॥ ७८ ॥ कान्तैककुण्डलधरश्चारुमौलिरवाङ्मुखः ॥ निपपात नरेन्द्राणां मध्ये केशवपूर्वजः ॥ ७९ ॥ अवप्लुते ततो रामे कृष्णः कृष्णाम्बुदोपमः ॥ गोमन्तशिखराच्छ्रीमानाप्लुतोऽमितविक्रमः ॥ ८० ॥ ततस्तं पीडयामास पद्भ्यां गिरिवरं हरिः ॥ स पीडितो गिरिस्तेन निममज्ज समन्ततः ॥ ८१ ॥ जलाकुलोपलस्तत्र प्रस्रुतो द्विरदो यथा ॥ स

अतएव इस पर्वतसे उऋण होनेके लिए मैं अपने बाहुबलसे ही उन क्षत्रियोंका वध करूँगा ॥ ७५ ॥ वह देखिए, क्षत्रिय लोग पर्वतमें आग लगा तथा शस्त्रास्त्रसे सुसज्ज होकर युद्धकी अभिलाषासे खड़े हैं ॥ ७६ ॥ ऐसा कहकर वनमालाविभूषित युवा श्रीमान् एवं मदिराके मदसे मत्त बलराम सुमेरुपर्वतसे निपतित चन्द्रमाके समान गोमन्त पर्वतके शिखरसे उन राजाओंके बीचमें कूद पड़े॥७७॥ उनका परिधान नीलवसन था। उनका वर्ण शुभ्र था और शारदीय चन्द्रमाके समान निर्मल दीप्ति थी। उनके एक कानमें रमणीक कुण्डल और मस्तकपर मनोहर मुकुट विराजमान था ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ बलरामके ऐसा करनेपर अतुलित पराक्रमी तथा नीलमेघवर्ण कृष्ण भी उस पर्वतशिखरसे छलाँग मारकर नीचे कूद पड़े ॥ ८० ॥ तदनन्तर भगवान कृष्ण अपने पैरोंके प्रहारसे उस पर्वतको पीड़ित करने लगे। अतएव वह चारों ओरसे जमीनमें धँसने लगा ॥८१॥ उनके ऐसा करनेसे वह मदजलसे भीगे हाथीके समान दिखायी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देने लगा। प्रलयकालमें निरन्तर जल बरसानेवाले मेघोंके मध्यमें विराजमान सूर्यभगवानके सदृश वह अग्नि श्रीकृष्णके पादप्रहारसे उत्पन्न जलधाराके वेगसे शान्त हो गयी। सिंहसदृश गर्जनकारी, पीताम्बरधारी, नीलमेघसम श्याम, मस्तकपर किरीट धारण किये, प्रसन्नमुख, कमलनयन, श्रीवत्ससे अलंकृत और इन्द्रसदृश तेजस्वी भगवान कृष्ण बलरामके कूदनेके वाद ही उस पर्वतशिखरसे नीचे कूद पड़े। उन दोनोंके छलाँग मारकर कूदनेसे उनके चरणोंका आघात लगनेपर अग्निको शान्त करनेके लिए उस पर्वतसे जलकी धारायें बहने लगीं। इस प्रकार अविरल जलधारा बहती देखकर जरासन्धके साथी राजे भयभीत हो उठे ॥ ८२–८६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत-नारायणी'भाषाटीकायां त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥

तेन वारिणा वह्निस्तत्क्षणात्प्रशमं ययौ ॥ ८२ ॥ कल्पान्ते वारिधाराभिर्मेघजालैरिवांशुमान् ॥ सिंहारसितनिर्घोषः पीतवासा घनाकृतिः ॥ ८३ ॥ किरीटमूर्धा सौम्यास्यः पुण्डरीकनिभेक्षणः ॥ श्रीवत्सवक्षाः सुमुखः सहस्राक्षसमद्युतिः ॥ ८४ ॥ रामादनन्तरं कृष्णः प्लुतो वै वीर्यवांस्ततः ॥ ताभ्यामेव प्लुताभ्यां च चरणैः पीडितो गिरिः ॥ ८५ ॥ मुमोच सलिलोत्पीडांस्तीव्रपावकशान्तये ॥ सलिलोत्पीडनं दृष्ट्वा पार्थिवा भयमाविशन् ॥ ८६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि गोमन्तदाहो नाम त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तौ नगादाप्लुतौ दृष्ट्वा वसुदेवसुतावुभौ ॥ क्षुब्धं नरवरानीकं सर्वं संमूढवाहनम् ॥ १ ॥ बाहुप्रहरणौ तौ तु चेरतुस्तत्र यादवौ ॥ मकराविव संरब्धौ समुद्रक्षोभणावुभौ ॥ २ ॥ ताभ्यां मृधे प्रविष्टाभ्यां यादवाभ्यां मतिस्त्वभूत् ॥ आयुधानां पुराणानामादान-कृतलक्षणा ॥ ३ ॥ ततोऽम्बरतलाद्भूयः पतन्ति स्म महात्मनोः ॥ मध्ये राजसहस्रस्य समरं प्रतिकांक्षिणोः ॥ ४ ॥ यानि वै माथुरे युद्धे प्राप्ता-न्याहवशोभिनोः ॥ तान्यम्बरात्पतन्ति स्म दिव्यानाहवसंप्लवे ॥ ५ ॥ लेलिहानानि दिव्यानि दीप्ताग्निसदृशानि वै ॥ निक्षिप्य यानि तत्रैव तानि प्राप्तौ स्म यादवौ ॥ ६ ॥ क्रव्यादैरनुयातानि मूर्तिमन्ति बृहन्ति च ॥ तृषितान्याहवे भोक्तुं नृपमांसानि सर्वशः ॥ ७ ॥ दिव्यस्रग्दाम-धारीणि त्रासयन्ति च खेचरान् ॥ प्रभया भासमानानि दंशितानि दिशो दश ॥ ८ ॥ हलं संवर्तकं नाम सौनन्दं मुसलं तथा ॥ चक्रं सुदर्शनं

(भगवान कृष्ण और बलरामका करवीरपुरको प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वसुदेवतनय श्रीकृष्ण-बलरामको पर्वतसे नीचे उतरे देखकर राजाओंकी मण्डली क्षुब्ध हो उठी और हाथी-घोड़े आदि वाहन स्तब्ध हो गये ॥ १ ॥ खाली हाथ युद्ध करनेवाले वे दोनों यादववीर समुद्रमें क्षोभ उत्पन्न करनेवाले दो मगरोंकी तरह रणभूमिमें विचरने लगे ॥ २ ॥ समराङ्गणमें उतरते ही उन दोनोंको पूर्वकालके अपने शस्त्रास्त्रोंका स्मरण हो आया ॥ ३ ॥ स्मरण होते ही मथुरामें युद्धके समय जो शस्त्रास्त्र उन्हें हस्तगत हुए थे, इस समय भी वे आयुधगण आकाशमण्डलसे उन राजाओंके सामने ही उन दोनोंके निकट आ उपस्थित हुए ॥ ४ ॥ ५ ॥ वे आयुध ज्वलन्त अग्निसदृश देदीप्यमान, लेलिहान, मूर्तिमान् एवं समरभूमिमें राजाओंका मांस भक्षण करनेके लिए आतुर थे। आते समय कच्चा मांस खानेवाले पशु उनके पीछे-पीछे चल रहे थे ॥ ६ ॥ ७ ॥ उन समुज्ज्वल शस्त्रास्त्रोंमें दिव्य पुष्पोंकी मालाओंकी लड़ियाँ लिपटी हुई थीं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्हें देखकर आकाशचारी जीव भयभीत हो उठे। उनकी असाधारण दीप्तिसे दसों दिशायें देदीप्यमान हो गयीं ॥८॥ उनमें संवर्तक हल, सौनन्द मुसल, सुदर्शन चक्र और कौमोदकी गदा ये चार वैष्णव आयुध उन दोनों वीरोंके हाथोंमें स्वतः आकर विराजमान हो गये ॥ ९ ॥ १० ॥ यदुवीर बलरामने दिव्य मालाओंसे विभूषित भुजाओंमें शेषभगवानके समान तेजस्वी तथा अप्रतिम हल दहिने तथा शत्रुओंको दहलानेवाला सौनन्द मुसल बायें हाथमें ले लिया ॥११॥१२॥ सूर्यके समान तेजस्वी एवं अत्युत्कृष्ट सुदर्शनचक्रको कृष्णभगवानने प्रसन्नतापूर्वक धारण किया ॥ १३ ॥ दर्शनीय तथा मेघके समान शब्द करनेवाला शार्ङ्ग धनुष भी उन्होंने सम्हाल लिया ॥ १४ ॥ देवताओं द्वारा प्रशंसित कौमोदकी गदा भी श्रीकृष्ण भगवानके हाथमें जाकर विराजमान हो गयी ॥१५॥ इस प्रकार सशस्त्र होकर साक्षात् नारायणके समान सुशोभित होते हुए वे दोनों भाई शत्रुओंके साथ युद्धमें प्रवृत्त हुए ॥ १६ ॥ एक हृदय और भिन्नदेहधारी

नाम गदां कौमोदकीं तथा ॥ ९ ॥ चत्वार्येतानि तेजांसि विष्णुप्रहरणानि वै ॥ ताभ्यां समवतीर्णानि यादवाभ्यां महामृधे ॥ १० ॥ जग्राह प्रथमं रामो ललामप्रतिमं रणे ॥ सर्पन्तमिव सर्पेन्द्रं दिव्यमालाकुलं हलम् ॥ ११ ॥ सव्येन सात्वतां श्रेष्ठो जग्राह मुसलोत्तमम् ॥ सौनन्दं नाम बलवान्निरानन्दकरं द्विषाम् ॥ १२ ॥ दर्शनीयं च लोकेषु चक्रमादित्यवर्चसम् ॥ नाम्ना सुदर्शनं नाम प्रीतो जग्राह केशवः ॥ १३ ॥ दर्शनीयं च लोकेषु धनुर्जलदनिःस्वनम् ॥ नाम्ना शार्ङ्गमिति ख्यातं प्रीतो जग्राह वीर्यवान् ॥ १४ ॥ देवैर्निगदितार्थस्य गदा तस्यापरे करे ॥ निषिक्ता कुमुदाक्षस्य नाम्ना कौमोदकीति सा ॥ १५ ॥ तौ सप्रहरणौ वीरौ साक्षाद्विष्णुतनूपमौ ॥ समरे रामगोविन्दौ रिपूंस्तान्प्रत्ययुद्धयताम् ॥ १६ ॥ सायुधप्रग्रहौ वीरौ तावन्योन्यमयावुभौ ॥ पूर्वजानुजसंज्ञौ तु रामगोविन्दलक्षणौ ॥ १७ ॥ समरेऽप्रीतिरूपौ तौ विष्णुरेको द्विधा कृतः ॥ द्विषत्सु प्रतिकुर्वाणौ पराक्रान्तौ यथेश्वरौ ॥ १८ ॥ हलमुद्यम्य रामस्तु सर्पेन्द्रमिव कोपनम् ॥ चचार समरे वीरो द्विषतामन्तकोपमः ॥ १९ ॥ निकर्षन्रथवृन्दानि क्षत्रियाणां महात्मनाम् ॥ चकार रोषं सफलं नागेषु च हयेषु च ॥२०॥ कुञ्जराँल्लाङ्गलोत्क्षिप्तान्मुसलाक्षेपताडितान् ॥ रामोऽभिरामः समरे निर्ममन्थाचलोपमः ॥ २१ ॥ ते वध्यमाना रामेण समरे क्षत्रियर्षभाः ॥ जरासन्धान्तिकं भीता विरथाः प्रतिजग्मिरे ॥ २२ ॥ तानुवाच जरासन्धः क्षत्रधर्मे व्यवस्थितः ॥ धिगेतां क्षत्रवृत्तिं वः समरे कातरात्मनाम् ॥ २३ ॥ पराक्रान्तस्य समरे विरथस्य पलायतः ॥ भ्रूणहत्यामिवा-

पूर्वज तथा अनुज नामवाले अप्रमेयमूर्ति श्रीकृष्ण और बलराम दोनों शत्रुनाशको उद्यत थे। उस समय नारायणने अपनी ही मूर्तिको दो भागोंमें विभक्त कर दिया था। अब वे दोनों पराक्रमी वीर शत्रुओंपर निर्मम प्रहार करने लगे ॥ १७ ॥ १८ ॥ रोषित सर्पके समान हल और मुसलास्त्रधारी बलराम यमराजकी तरह शत्रुमण्डलमें विचरते हुए रथियोंके रथों, पर्वताकार हाथियों और घोड़ोंको ध्वस्त करने लगे ॥ १९–२१ ॥ भगवान बलरामके हाथों नितान्त निपीडित और रथहीन क्षत्रियगण भयभीत हो रणभूमि त्यागकर जरासन्धके समीप जा पहुँचे ॥ २२ ॥ उन्हें इस दशामें देखकर क्षत्रियधर्मपरायण जरासन्धने उन सबको सम्बोधित करके कहा—हे क्षत्रियगण ! तुम समरभूमिमें इस प्रकार डरते क्यों हो ? एक अल्पबली और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पैदल युद्ध करनेवाले ग्वालेसे डरनेवाले तुम्हारे क्षत्रियजीवनको धिकार है। युद्धसे मुँह मोड़कर भागनेको मनीषी लोग भ्रूणहत्याके समान महापाप समझते हैं ॥ २३–२५ ॥ मेरा आदेश है कि तुम शीघ्र लौट पड़ो। अथवा जबतक मैं इन गोपकुमारोंको यमपुर न भेज दूँ, तबतक तुम लोग रथपर सवार होकर युद्ध देखो ॥२६॥ हे महाराज! इस प्रकार धिक्कारनेपर वे क्षत्रिय प्रसन्नतापूर्वक लौट पड़े और भयानक बाणवर्षा करते हुए लड़ने लगे ॥२७॥ उनमेंसे कुछ राजे स्वर्णालङ्कारविभूषित घोड़ों, कुछ चन्द्रमाके समान चमकीले रथों एवं कुछ क्षत्रिय महावत द्वारा परिचालित मेघसदृश हाथियोंपर चढ़कर शस्त्र बरसाने लगे ॥ २८ ॥ वे राजे कवच, खड्ग, धनुष, तूणीर, बाण, छत्र और चमर धारण करके और रथोंपर सवार होकर समरभूमिको अलंकृत कर रहे थे ॥ २९ ॥ ३० ॥ उसी समय योधाओंमें अग्रणी वसुदेवतनय श्रीकृष्ण और बलराम दोनों भाई युद्धके लिए उत्सुक होकर रणभूमिमें पहुँचे ॥ ३१ ॥ उस समय

सह्यां प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ २४ ॥ पत्तिनो भुवि चैकस्य गोपस्याल्पबलीयसः ॥ भीताः किं विनिवर्तध्वं धिगेतां क्षत्रवृत्तिताम् ॥ २५ ॥ क्षिप्रं समभिवर्तध्वं मम वाक्येन नोदिताः ॥ यावदेतौ रणे गोपौ प्रेषयामि यमक्षयम् ॥ २६ ॥ ततस्ते क्षत्रियाः सर्वे जरासन्धेन नोदिताः ॥ क्षिपन्तः शरजालानि हृष्टा योद्धुमुपस्थिताः ॥ २७ ॥ ते हयैः काञ्चनापीडै रथैश्चेन्दुसमप्रभैः ॥ नागैश्चाम्भोदसंकाशैर्महामात्रप्रणोदितैः ॥ २८ ॥ सतनुत्राणनिस्त्रिंशाः सायुधाभरणाम्बराः ॥ स्वारोपितधनुष्मन्तः सतूणीराः ससायकाः ॥ २९ ॥ सच्छत्रोत्सेधिनः सर्वे चारुचामरवीजिताः ॥ रणावनिगता रेजुः स्यन्दनस्था महीक्षितः ॥ ३० ॥ तौ युद्धरङ्गापतितौ विधावन्तौ महाभुजौ ॥ वसुदेवसुतौ वीरौ युयुत्सू प्रत्यदृश्यताम् ॥३१॥ तद्युद्धमभवत्तत्र तयोस्तेषां तु संयुगे ॥ सायकोत्सर्गबहुलं गदानिर्घातदारुणम् ॥ ३२ ॥ ततः शरसहस्राणि प्रतीच्छन्तौ रणैषिणौ ॥ तस्थतुर्योधमुख्यौ तावभिवृष्टौ यथाऽचलौ ॥ ३३ ॥ गदाभिश्चैव गुर्वीभिः क्षेपणीयैश्च मुद्गरैः ॥ अर्द्यमानौ महेष्वासौ यादवौ न चकम्पतुः ॥ ३४ ॥ ततः कृष्णोऽम्बुदाकारः शङ्खचक्रगदाधरः ॥ व्यवर्द्धत महातेजा वातयुक्त इवानलः ॥ ३५ ॥ स चक्रेणार्कतुल्येन दीप्यमानेन तेजसा ॥ चिच्छेद समरे वीरो नृगजाश्वमहारथान् ॥ ३६ ॥ गदानिपातनिहता लाङ्गलेन च कर्षिताः ॥ न शेकुस्ते रणे स्थातुं पार्थिवा नष्टचेतसः ॥ ३७ ॥ चक्रक्षुरनिकृत्तानि विचित्राणि

उभयपक्षमें घोरतर युद्ध आरम्भ हो गया। बाणवर्षा और गदाप्रहारकी कोई सीमा नहीं रह गयी ॥ ३२ ॥ तदनन्तर श्रीकृष्ण और बलराम दोनों भाई जिसपर अनवरत वर्षा हो रही हो, ऐसे पर्वतके समान अटलभावसे खड़े होकर उस विकराल बाणवर्षाको सहन करने लगे ॥३३॥ शत्रुपक्षके योधा उनपर गुरुतर गदा, क्षेपणीय और मुद्गरास्त्रका प्रहार करके पीडित कर रहे थे, किन्तु वे दोनों यादववीर उन प्रहारोंसे तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ ३४ ॥ तदनन्तर सजल मेघके समान श्याम और शंख-चक्र-गदाधारी महातेजस्वी भगवान् कृष्ण वायुयुक्त अग्निके समान बढ़ गये ॥ ३५ ॥ फिर तेजःप्रदीप्त सूर्यके समान देदीप्यमान अपने सुदर्शन चक्रसे उन्होंने मनुष्यों, हाथियों, घोड़ों और बड़े-बड़े महारथियोंको काटकर छिन्न-भिन्न कर डाला ॥ ३६ ॥ उस समय बलरामके गदाप्रहारसे आहत और हल द्वारा खींचे जानेके कारण जरासन्धके साथी राजे अचेत जैसे होकर रणस्थलीमें टिकनेमें असमर्थ हो गये ॥ ३७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवानके चक्रकी छूरे जैसी धारसे राजाओंके चित्र-विचित्र रथ कटकर छितरा गये ॥ ३८ ॥ साठ-साठ वर्षके हाथी बलरामके मुसलप्रहारसे भग्नदन्त हो गये। अतएव शरत्कालीन मेघोंकी तरह अब उनमें केवल गर्जनमात्रका बल शेष रह गया ॥ ३९ ॥ घुड़सवार और पैदल सैनिक बलरामके हल और श्रीकृष्णके सुदर्शनचक्रके प्रहारको देखकर ही चक्राहतकी तरह मर-मरकर पृथिवीपर गिरने लगे ॥ ४० ॥ प्रलयकालमें जैसे मृत शरीरोंके शव धरातलको आच्छादित कर देते हैं, उसी प्रकार हल और सुदर्शनचक्रकी मारसे मरे सैनिकोंके शवोंसे सारी समरभूमि ढँक गयी ॥ ४१ ॥ अन्यान्य राजाओंके लिए तो युद्धकी बात दूर रही, वे समरांगणविहारी उन मूर्तिमान् दिव्य वैष्णवास्त्रोंकी ओर निहार भी नहीं सके ॥ ४२ ॥ उन अगणित रथोंमेंसे कोई-कोई रथ चूर हो गया, कोई रथी रथशून्य हो गया, किसीका पहिया ध्वस्त हो गया और कोई-कोई रथ टूट-फूटकर छितरा गया ॥ ४३ ॥ हल और चक्रके उस भयानक युद्धमें

महीक्षिताम् ॥ रथयूथानि भग्नानि न शेकुश्चलितुं रणे ॥ ३८ ॥ मुसलाक्षेपभग्नाश्च कुञ्जराः षष्टिहायनाः ॥ घना इव घनापाये भग्नदन्ता विचुक्रुशुः ॥ ३९ ॥ चक्रानलज्वालहताः सादिनः सपदातयः ॥ पेतुः परासवस्तत्र यथा चक्राहतास्तथा ॥ ४० ॥ चक्रलाङ्गलनिर्दग्धं तत्सैन्यं विदलीकृतम् ॥ युगान्तोपहतप्रख्यं सर्वं पतितमाबभौ ॥ ४१ ॥ आक्रीडभूमिं दिव्यानामायुधानां वपुष्मताम् ॥ वैष्णवानां नृपास्ते तु द्रष्टुमप्यबलीयसः ॥ ४२ ॥ केचिद्रथाः संमृदिताः केचिन्निहतपार्थिवाः ॥ चक्रैकभग्नास्त्वपरे विकीर्णा धरणीतले ॥ ४३ ॥ तस्मिन्विशसने घोरे चक्रलाङ्गलसंप्लवे ॥ दारुणानि प्रवृत्तानि रक्षांस्यौत्पातिकानि च ॥ ४४ ॥ आर्तानां कूजमानानां पाटितानां च वेणुवत् ॥ अन्तो न शक्यतेऽन्वेष्टुं नृनागरथवाजिनाम् ॥ ४५ ॥ आपातितनरेन्द्राणां रुधिरार्द्रा रणक्षितिः ॥ योषेव चन्दनार्द्राङ्गी भैरवा प्रतिभाति मे ॥ ४६ ॥ नरकेशास्थिमज्जान्त्रैः शातितानां च दन्तिनाम् ॥ रुधिरौघप्लवस्तत्र छादयामास मेदिनीम् ॥४७॥ तस्मिन्महाभीषणके नरवाहनसंक्षये ॥ शिवानामशिवैः शब्दैर्नादिते घोरदर्शने ॥ ४८ ॥ आर्तस्तनितसंनादे रुधिराम्बुह्रदाकुले ॥ अन्तकाक्रान्तसदृशे नागदेहैः समावृते ॥४९॥ अपास्तैर्बाहुभिर्योधैस्तुरगैश्च विदारितैः ॥ कङ्कैश्च बलगृध्रैश्च नादितैः प्रतिनादिते ॥ ५० ॥ निपाते पृथिवीशानां मृत्युसाधारणे रणे ॥ कृष्णः शत्रुवधं कर्त्तुं च चारान्तकदर्शनः ॥ ५१ ॥ युगान्तार्कप्रभं चक्रं काली

विविध उत्पातोंके साथ अगणित राक्षस उत्पन्न हो गये ॥ ४४ ॥ आर्तनाद करनेवाले कितने मनुष्य, हाथी, घोड़े आदि जीव बाँसकी तरह चीरकर फेंक दिये गये। उनकी संख्या असीम थी ॥ ४५ ॥ बहुतेरे राजाओंके मरकर गिर जानेके कारण रणभूमि रक्तचन्दनधारिणी स्त्रीके समान भीषण दिखायी देने लगी ॥ ४६ ॥ मरे हुए मनुष्योंके केश, अस्थि, मज्जा, अन्त्र (अँतड़ियाँ) एवं हाथियोंके रुधिरसे समस्त रणभूमि रंग गयी ॥ ४७ ॥ मरते हुए मनुष्यों और वाहनोंके आर्तनाद एवं सियारिनोंके अशुभ चीत्कारका भीषण कोलाहल सुनायी देने लगा ॥ ४८ ॥ सहसा सारी युद्धभूमि रक्तका तालाब बन गयी। कौओं, बगुलों एवं गृध्रोंके भयंकर शब्दसे प्रतिध्वनित एवं निपतित बहुतेरे राजाओं, योधाओं, हाथियों और घोड़ोंके मृत-शरीरोंसे वह स्थली श्मशानकी तरह भयंकर हो उठी। उसी समय यमराजके समान भयानक रूपधारी कृष्णभगवान शत्रुओंका विनाश करनेके लिए विचरने लगे ॥ ४९-५१ ॥ तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

युद्धभूमिमें खड़े होकर प्रलयकालीन सूर्यके समान प्रदीप्त चक्र और लौहमयी काली-काली गदा लेकर उन्होंने राजाओंसे कहा—हे भूपालगण! तुम सब वीर हो और हाथी, घोड़े, रथ आदि युद्धोपकरण तुम्हारे पास विद्यमान हैं? तब युद्धसे घबड़ाते क्यों हो? सशस्त्र होते हुए भी तुम लोग रणभूमिसे भाग क्यों रहे हो? ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ मैं अपने बड़े भाईके साथ तुम्हारे सामने पैदल खड़ा हूँ। निर्दोष जरासन्ध, जो तुम्हारी रक्षा करता है, वह इस समय संग्राम करनेके लिए मेरे सम्मुख क्यों नहीं आता? श्रीकृष्णके इन वचनोंको सुनते ही सेनाके मध्यमें विद्यमान दरद बड़े वेगसे हलायुधधारी एवं लाल नेत्रोंवाले बलरामके समक्ष जा पहुँचा और किसान जैसे किसी दुष्ट बैलको आदेश दे, उसी प्रकार बोला—॥५४–५६॥ बलराम! इधर आओ और मेरे साथ युद्ध करो। इसके बाद मतवाले हाथियोंके समान वे दोनों वीर लड़ने लगे। इसी समय बलरामने हल सम्हाला और उसे उसके कन्धेपर डालकर अपनी ओर खींच कर

चैवायसीं गदाम् ॥ गृह्य सैन्यावनिगतो बभाषे केशवो नृपान् ॥ ५२ ॥ किन्न युद्धयत वै शूरा हस्त्यश्वरथसंयुताः ॥ किमिदं गम्यते शूराः कृतास्त्रा दृढनिश्चयाः ॥ ५३ ॥ अहं सपूर्वजः संख्ये पदातिः प्रमुखे स्थितः ॥ अदृष्टदोषेण रणे भवन्तो येन पालिताः ॥५४॥ स इदानीं जरासंधः किमर्थं नाभिवर्तते ॥ एवमुक्ते तु नृपतिर्दरदो नाम वीर्यवान् ॥ ५५ ॥ रामं हलाग्रोग्रभुजं प्रत्ययात्सैन्यमध्यगम् ॥ बभाषे स तु ताम्राक्षमुक्षाणमिव सेवनी ॥ ५६ ॥ ऐह्येहि राम युध्यस्व मया सार्द्धमरिन्दम ॥ तद्युद्धमभवत्ताभ्यां रामस्य दरदस्य च ॥ ५७ ॥ मृधे लोकवरिष्ठाभ्यां कुञ्जराभ्यामिवौजसा ॥ योजयित्वा ततः स्कन्धे रामो दरदमाहवे ॥ ५८ ॥ हलेन बलिनां श्रेष्ठो मुसलेनावपोथयत् ॥ स्वकायगतमूर्धा वै मुसलेनावपोथितः ॥ पपात दरदो भूमौ दारिताद्ध इवाचलः ॥५९॥ रामेण निहते तस्मिन्दरदे राजसत्तमे ॥ जरासन्धस्य राज्ञस्तु रामेणासीत्समागमः ॥६०॥ महेन्द्रस्येव वृत्रेण दारुणो लोमहर्षणः ॥ गदे गृहीत्वा विक्रान्तावन्योन्यमभिधावतः ॥ ६१ ॥ कम्पयन्तौ भुवं वीरौ तावुद्यतमहागदौ ॥ ददृशाते महात्मानौ गिरी सशिखराविव ॥ ६२ ॥ व्युपारमन्त युद्धानि प्रेक्ष्य तौ पुरुषर्षभौ ॥ संरब्धाविव धावन्तौ गदायुद्धेषु विश्रुतौ ॥ ६३ ॥ तावुभौ परमाचार्यौ लोके ख्यातौ महाबलौ ॥ मत्ताविव महानागावन्योन्यं समधावताम् ॥ ६४ ॥ ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ यक्षाश्चाप्सरसश्चैव

मूसलास्त्रसे उसके मस्तकपर प्रहार किया। उस मूसलके आघातसे दरदका मस्तक उसके शरीरमें समा गया और वह तत्काल अर्धविदारित पर्वतके समान पृथिवीपर गिर पड़ा ॥ ५७–॥५९॥ नृपवर दरदके मर जानेपर राजा जरासन्ध तत्काल बलरामके समक्ष जा खड़ा हुआ ॥६०॥ पूर्वकालमें इन्द्र और वृत्रासुरमें जैसा लोमहर्षण युद्ध हुआ था, उसी प्रकार भीषण युद्ध इस समय आरम्भ हो गया। वे दोनों गदा लेकर परस्पर एक दूसरेकी ओर दौड़ पड़े ॥६१॥ उनके पैरोंकी धमकसे पृथिवी काँपने लगी। उस समय ऐसा लगा कि मानो ऊँचे-ऊंचे शिखरवाले दो पर्वत रणभूमिमें उतर आये हैं ॥ ६२ ॥ अन्यान्य योधा युद्ध बन्द करके उन दोनों वीरोंका युद्ध देखने लगे। क्योंकि दोनों गदायुद्धमें विख्यात, दोनों युद्धविद्याके परमाचार्य एवं दोनों ही बलवान् तथा परम पराक्रमी थे। अतएव मतवाले हाथियोंकी तरह वे दोनों वीर एक दूसरेकी ओर दौड़े ॥६३॥६४॥ उस समय सहस्रों देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, अप्सरा और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परमर्षि वह युद्ध देखनेके लिए आकाशमें छा गये ॥६५॥ उन सबको देखकर ऐसा लगा कि मानों सारा आकाश नक्षत्रोंसे भर गया है ॥ ६६ ॥ उसी समय नरपति जरासन्ध वाममण्डल तथा बलदेव दक्षिण मण्डलसे पैंतरे बदलते हुए परस्पर एक दूसरेपर झपटे ॥६७॥ हाथी जैसे परस्पर दाँतोंसे युद्ध करते हैं, उसी प्रकार वे आपसमें गदाप्रहार करने लगे। उनकी गदाओंके प्रहारका शब्द दसों दिशाओंमें प्रतिध्वनित हो उठा ॥६८॥ बलदेवजीकी गदा गिरती थी तो वज्रपातके समान शब्द होता था और जरासन्धकी गदा गिरकर पर्वत फटनेके समान भीषण शब्द करती थी ॥ ६९ ॥ जैसे प्रबल आँधी भी विन्ध्य पर्वतको नहीं हिला सकती, उसी प्रकार जरासन्धकी गदा बलरामको तनिक भी विचलित नहीं कर सकी ॥ ७० ॥ इधर मगधराज जरासन्ध भी अविचलित धैर्य और शिक्षाबलसे बलरामके गदाप्रहारको सहन करता रहा ७१॥ इसी समय आकाशसे मधुर स्वरमें आकाशवाणी हुई—'हे बलदेव! जरासन्ध तुम्हारे हाथों नहीं

समाजग्मुः सहस्रशः ॥ ६५ ॥ तद्देवयक्षगन्धर्वमहर्षिभिरलंकृतम् ॥ शुशुभेऽभ्यधिकं राजन्नभो ज्योतिर्गणैरिव ॥ ६६ ॥ अभिदुद्राव रामं तु जरासंधो नराधिपः ॥ सव्यं मण्डलमाश्रित्य बलदेवस्तु दक्षिणम् ॥ ६७ ॥ तावन्योन्यं प्रजह्राते गदायुद्धविशारदौ ॥ दन्ताभ्यामिव मातङ्गौ नादयन्तौ दिशो दश ॥ ६८ ॥ गदानिपातो रामस्य शुश्रुवेऽशनिनिस्वनः ॥ जरासंधस्य च रणे पर्वतस्येव दीर्यतः ॥ ६९ ॥ न स्म कम्पयते रामं जरासंधकरच्युता ॥ गदा गदाभृतां श्रेष्ठं विन्ध्यं गिरिमिवानिलः ॥ ७० ॥ रामस्य तु गदावेगं राजा स मगधेश्वरः ॥ सेहे धैर्येण महता शिक्षया च व्यपोथयत् ॥ ७१ ॥ ततोऽन्तरिक्षे वागासीत्सुस्वरा लोकसाक्षिणी ॥ न त्वया राम वध्योऽयमलं खेदेन मानद ॥ ७२ ॥ विहितोऽस्य मया मृत्युस्तस्मात्साधु व्युपारम ॥ अचिरेणैव कालेन प्राणांस्त्यक्ष्यति मागधः ॥७३॥ जरासंधस्तु तच्छ्रुत्वा विमनाः समपद्यत ॥ न प्राहरत्ततस्तस्मै पुनरेव हलायुधः ॥ तौ व्युपारमतां युद्धाद्वृष्णयस्ते च पार्थिवाः ॥७४॥ दीर्घकालं महाराज निजघ्नुरितरेतरम् ॥ पराजिते त्वपक्रांते जरासंधे महीपतौ ॥७५॥ विविक्तमभवत्सैन्यं परावृत्तमहारथम् ॥ ते नृपाश्चोदितैर्नागैः स्यन्दनैस्तुरगैस्तथा ॥७६॥ दुद्रुवुर्भीतमनसो व्याघ्राघ्राता मृगा इव ॥ तन्नरेन्द्रैः परित्यक्तं भग्नदर्पैर्महारथैः ॥७७॥ घोरं क्रव्यादबहुलं रौद्रमायोधनं बभौ ॥ द्रवत्सु रथमुख्येषु चेदिराजो महाद्युतिः ॥ ७८ ॥ स्मृत्वा यादवसंबन्धं कृष्णमेवान्ववर्तत ॥ वृतः कारूषसैन्येन चेदिसैन्येन चानघ ॥ सम्बन्धकामो गोविन्दमिदमाह स चेदिराट् ॥७९॥ अहं पितृष्वसुर्भर्ता तव यादवनन्दन ॥

मर सकता। हे मानद! इस विषयमें खेद मत करना ॥७२॥ मैंने स्वयं इसकी मृत्युका उपाय कर दिया है। अतएव अब तुम युद्धसे विरत हो जाओ। जरासन्ध शीघ्र प्राण त्याग करेगा' ॥७३॥ यह देववाणी सुनकर जरासन्ध खिन्न हो गया और बलदेवजीने भी फिर उसपर प्रहार नहीं किया। इस प्रकार वे दोनों भाई तथा वृष्णिवंशी यादव युद्धसे विरत हो गये ॥७४॥ हे महाराज! बहुत देरतक परस्पर युद्ध होनेके बाद जरासन्ध पराजित होकर युद्धभूमिसे बाहर हो गया। उसके साथ ही अन्यान्य महारथी राजे भी युद्धसे पराङ्मुख हो गये। इसी कारण रणभूमिकी सैन्यसंख्या घट गयी। व्याघ्रके द्वारा आघ्रात मृगयूथके समान भयभीत उन राजाओंमेंसे कोई घोड़ेपर, कोई हाथीपर और कोई-कोई राजा रथपरचढ़कर भागा। उस समय आममांसाहारी पशुओंसे सारी रणस्थली भर गयी और उसका बड़ा विकराल स्वरूप हो गया। इधर जब सभी मुख्य-मुख्य महारथी पलायन कर गये, तब महात्मा चेदिराज यादवोंके साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने सम्बन्धका स्मरण करके कारूष और चेदिसेना साथ लेकर भगवान कृष्णके समीप गया। समक्ष पहुँचकर श्रीकृष्णको सम्बोन्धित करके उसने कहा—॥७५–७९॥ हे यदुनन्दन! मैं आपके पिताकी बहिनका पति हूँ। इस नाते आप मेरे सर्वश्रेष्ठ प्रेमपात्र हैं। इसी कारण अपनी सेनाके साथ आपके पास चला आया हूँ ॥ ८० ॥ मैंने दुर्बुद्धि जरासन्धको आपके साथ विरोधभाव त्यागनेके लिए बहुत कहा, किन्तु वह दुरात्मा किसी तरह सहमत नहीं हुआ। मैंने उससे कहा—ओ दुर्बुद्धि! तू कृष्णका विरोध न कर। किन्तु उसने नहीं माना ॥ ८१ ॥ अन्तमें आज मैं उसे त्यागकर आपके पास आया हूँ। इस समय वह आपके द्वारा पराजित होकर अपनी सेनाके साथ भागा जा रहा है ॥ ८२ ॥ किन्तु उस दुष्टका कोई भरोसा नहीं है। हो सकता है कि वह फिर कभी आपको भय दिखाये ॥ ८३ ॥ अतएव अब आप यह भूमि त्याग दें। क्योंकि यह स्थान मृत देहों तथा आममांसाहारी पशुओंसे भर गया है। अब यह जगह मनुष्योंके रहने योग्य नहीं रह गयी है ॥ ८४ ॥ चलिए, हम लोग यहाँसे अपनी सेनाके साथ-साथ करवीरपुर चलें और वहाँके वासुदेव राजा शृगालसे मिलें ॥ ८५ ॥ आपके लिए

सबलस्त्वामुपावृत्तस्त्वं हि मे दयितः प्रभो ॥ ८० ॥ उक्तश्चैष मया राजा जरासंधोऽल्पचेतनः ॥ कृष्णाद्विरम दुर्बुद्धे विग्रहाद्रणकर्मणि ॥ ८१ ॥ तदेषोऽद्य मया त्यक्तो मम वाक्यस्य दूषकः ॥ भग्नो युद्धे जरासंधो भयाद्द्रवति सानुगः ॥ ८२ ॥ निर्वैरो नैष संयाति स्वपुरं पृथिवीपतिः ॥ त्वय्येव भूयोऽप्यपरं दर्शयिष्यति किल्बिषम् ॥ ८३ ॥ तदिमां संत्यजाशु त्वं महीं हतनराकुलाम् ॥ क्रव्यादगणसङ्कीर्णां सेवितव्यामभमानुषैः ॥ ८४ ॥ करवीरपुरं कृष्ण गच्छामः सबलानुगाः ॥ शृगालं वासुदेवं वै द्रक्ष्यामस्तत्र पार्थिवम् ॥ ८५ ॥ इमौ रथवरोदग्रौ युवयोः कारितौ मया ॥ योजितौ शीघ्रतुरगैः स्वङ्गचक्राक्षकूबरौ ॥ ८६ ॥ शीघ्रमारुह भद्रं ते बलदेवसहायवान् ॥ त्वरामः करवीरस्थं द्रष्टुं तं वसुधाधिपम् ॥ ८७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ पितृष्वसृपतेर्वाक्यं श्रुत्वा चेदिपतेस्तदा ॥ वाक्यं हृष्टमनाः कृष्णो जगाद जगतो गुरुः ॥ ८८ ॥ अहो युद्धाभिसंतप्तौ देशकालोचितौ त्वया ॥ बांधवप्रतिरूपेण संसिक्तौ वचनाम्बुना ॥ ८९ ॥ देशकालविशिष्टस्य हितस्य मधुरस्य च ॥ वाक्यस्य दुर्लभा लोके वक्ता-रश्चेदिसत्तम ॥ ९० ॥ चेदिनाथ सनाथौ स्वः संवृत्तौ तव दर्शनात् ॥ नावयोः किंचिदप्राप्यं ययोस्त्वं बन्धुरीदृशः ॥ ९१ ॥ जरासंधस्य निधनं ये चान्ये तत्समा नृपाः ॥ पर्याप्तौ त्वत्सनाथौ स्वः कर्तुं चेदिकुलोद्वह ॥ ९२ ॥ यदूनां प्रथमो बन्धुस्त्वं हि सर्वमहीक्षिताम् ॥ अतः प्रभृति

मैंने अच्छे जुए, चक्र, अक्ष और कूबरयुक्त दो रथ बनवाये हैं। इनमें जुतनेवाले घोड़े बड़े द्रुतगामी हैं॥८६॥ आपका कल्याण हो। अब आप बलदेवके साथ रथपर सवार हों। क्योंकि हमें करवीरपुरके नरेशसे मिलनेके लिए शीघ्र चलना है ॥८७॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! अपने फूफा चेदिराजके वचन सुनकर जगद्गुरु भगवान कृष्ण बहुत प्रसन्न हुए और कहा—॥ ८८ ॥ महात्मन्! आप हमारे सर्वश्रेष्ठ स्वजन हैं। हम इस युद्धसे सन्तप्त हो गये थे, किन्तु इस समय आपके देश-कालोचित वचनरूपी जलने हमें हरा कर दिया है ॥ ८९ ॥ देश, काल, पात्रकी विवेचना करके हितकर और मधुर वाक्योंका प्रयोग करनेवाले पुरुष विरले ही होते हैं॥ ९० ॥ इस समय आपका दर्शन पाकर हम सनाथ हो गये। जब आप जैसे प्रिय स्वजन विद्यमान हैं, तब हमें संसारकी कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है ॥ ९१ ॥ हम एकमात्र आपकी सहायतासे जरासन्ध तथा उसीके समान अन्यान्य नरेशोंका भी वध करनेमें समर्थ हैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥९२॥ आप हम रणपरायण यादवोंके सर्वप्रधान बान्धव हैं । हे चेदिसत्तम ! अब आप विविध संग्रामोंका अवलोकन करेंगे ॥९३॥ संसारमें जो राजे उन संग्रामोंमें मरनेसे बच जायंगे, वे ही आगे चलकर हमारे चक्र और मुसलयुद्धका बखान करेंगे ॥९४॥ गोमन्तपर्वतपर कृष्णविद्वेषी राजाओंके पराजयकी कथाको जो लोग सुनेंगे और हृदयङ्गम करेंगे, उन्हें स्वर्गलोकका लाभ होगा ॥ ९५ ॥ हे महाराज चेदिराज ! अब चलिए, हम लोग आपके बताये मार्गसे करवीरपुर चलेंगे ॥ ९६ ॥ हे महाराज जनमेजय ! मूर्तिमान् अग्नित्रयके समान वे तीनों जने गतिमें वायुको भी पिछाड़ देनेवाले घोड़ों युक्त रथपर सवार होकर उस दूरगामी पथके पथिक बने ॥ ९७ ॥ मार्गमें तीन दिन बीत गये । तदनन्तर अत्युत्तम करवीरपुर पहुँचकर देवोपम उन तीनों वीरोंने अपने निवासार्थ एक निरापद स्थान निश्चित कर लिया ॥ ९८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

संग्रामान्द्रक्ष्यसे चेदिसत्तम ॥ ९३ ॥ चाक्रं मौसलमित्येवं संग्रामं रणवृत्तयः ॥ कथयिष्यन्ति लोकेऽस्मिन्ये धरिष्यन्ति पार्थिवाः ॥ ९४ ॥ राज्ञां पराजयं युद्धे गोमन्तेऽचलसत्तमे ॥ श्रवणाद्धारणाद्वाऽपि स्वर्गलोकं व्रजन्ति हि ॥ ९५ ॥ तद्गच्छाम महाराज करवीरं पुरोत्तमम् ॥ त्वयोद्दिष्टेन मार्गेण चेदिराज शिवाय वै ॥ ९६ ॥ ते स्यन्दनगताः सर्वे पवनोत्पातिभिर्हयैः ॥ भेजिरे दीर्घमध्वानं मूर्तिमन्त इवाग्नयः ॥ ९७ ॥ ते त्रिरात्रोषिताः प्राप्ताः करवीरं पुरोत्तमम् ॥ शिवाय च शिवे देशे निविष्टास्त्रिदशोपमाः ॥ ९८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि करवीरपुराभिगमनं नाम चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तानागतान्विदित्वाऽथ शृगालो युद्धदुर्मदः ॥ पुरस्य धर्षणं मत्वा निर्जगामेन्द्रविक्रमः ॥ १ ॥ रथेनादित्यवर्णेन भास्वता रणगामिना ॥ आयुधप्रतिपूर्णेन नेमिनिर्घोषहासिना ॥ २ ॥ मन्दराचलकल्पेन चित्राभरणभूषिणा ॥ अक्षय्यसायकैस्तूणैः पूर्णेनार्णवघोषिणा ॥ ३ ॥ हर्यश्वेनाशुगतिना सक्तेन शिखरेष्वपि ॥ हेमकूबरगर्भेण दृढाक्षेणातिशोभिना ॥ ४ ॥ सुबन्धुरेण दीप्तेन पतत्त्रिवरगामिना ॥ खगतेनेव शक्रस्य हर्यश्वेन रथाद्रिणा ॥ ५ ॥ सावित्रे नियमे पूर्णे यं ददौ सविता स्वयम् ॥ आदित्यरश्मिभिरिव रश्मिभिर्यो निगृह्यते ॥ ६ ॥

(राजा शृगालके वधका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! युद्धदुर्मद और इन्द्रके समान पराक्रमी नरेश शृगालने उन तीनों महापुरुषोंका अपनी पुरीमें आगमन सुनकर उसे अपनेपर आक्रमण समझा ॥१॥ अतएव सूर्यके समान तेजस्वी, रणगामी, विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण, अपने पहिएकी ध्वनिसे हास्य करनेवाले, ऊँचाईमें मन्दराचलके समान, विचित्र आभूषणोंसे आभूषित, अक्षय बाणों तथा तूणीरोंसे पूर्ण, समुद्रके समान घोष करनेवाले, हरित (श्याम) वर्णके घोड़ोंवाले, स्वर्णमय कूबरों युक्त, अतिशय दृढ़ धुरावाले, गरुड़के समान द्रुतगामी, बहुत सुन्दर, इन्द्रके आकाशगामी रथके समान रथपर सवार होकर वह राजा शृगाल इस तरह भगवानकी ओर चला, जैसे फतिंगे दीपककी ओर अग्रसर होते हैं । पूर्वकालमें शृगालने सूर्यभगवानकी कठोर आराधना करके उन्हींसे वह रथ प्राप्त किया था । जैसे सूर्यकी किरणोंको देरतक नहीं देखा जा सकता, उसी प्रकार उस रथकी ओर भी कोई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं निहार सकता था। जिस समय शृगाल उसपर चढ़कर चला, उस समय उसके हाथमें धनुष तथा तीक्ष्ण बाण विद्यमान थे और वह कवच धारण करके सुनहला हार पहने हुए था ॥ २–७ ॥ वह श्वेत वस्त्र और श्वेत उष्णीष धारण किये था। क्रोधके कारण उसके नेत्र अग्निकी तरह रक्तवर्णके हो गये थे और वह बारम्बार अपने प्रत्यंचारोपित धनुषका टंकोर कर रहा था ॥ ८ ॥ क्रोधवश वह बारम्बार अग्निज्वालायुक्त दीर्घ निःश्वास छोड़ता जाता था। अपने अनेकानेक आभूषणोंकी दीप्तिसे वह सुमेरुपर्वत जैसा लग रहा था ॥ ९ ॥ इस प्रकार रथपर विराजमान हिमालयकी तरह वह धीरे-धीरे भगवान कृष्णके निकट जा पहुँचा। शृगालके सिंहनाद, रथकी घड़घड़ाहट तथा उसके बोझसे पृथिवी भयभीत होकर काँपने लगी। मूर्तिमान् पर्वत तथा लोकपालोंकी शोभासे सम्पन्न शृगालको अपनी ओर आते देखकर भगवान कृष्ण तनिक भी व्यथित नहीं हुए। तबतक अपने द्रुतगामी रथपर आरूढ़ होकर शृगाल युद्धकी

तेन स्यन्दनमुख्येन द्विषत्स्यन्दनघातिना ॥ स शृगालोऽभ्ययात्कृष्णं शलभः पावकं यथा ॥ चापपाणिः सुतीक्ष्णेषुः कवची हेममालिकः ॥ ७ ॥
सितप्रावरणोष्णीषः पावकाकारलोचनः ॥ मुहुर्मुहुर्ज्याचपलं विक्षिपन्दुःसहं धनुः ॥ ८ ॥ निर्वमन्रोषजं वायुं सानलज्वालमण्डलम् ॥ आभिर्भूषण-
पंक्तीनां दीप्तो मेरुरिवाचलः ॥ ९ ॥ रथस्थ इव शैलेन्द्रः शृगालः प्रत्यदृश्यत ॥ तस्यारसितशब्देन रथनेमिस्वनेन च ॥ १० ॥ गुरुत्वेन
च नाम्यन्ती चचालोर्वी भयातुरा ॥ तमापतन्तं श्रीमन्तं मूर्तिमन्तमिवाचलम् ॥ ११ ॥ शृगालं लोकपालाभं दृष्ट्वा कृष्णो न विव्यथे ॥ शृगाल-
श्चापि संरब्धः स्यन्दनेनाशुगामिना ॥ १२ ॥ समीपे वासुदेवस्य युयुत्सुः प्रत्यदृश्यत ॥ वासुदेवं स्थितं दृष्ट्वा शृगालो युद्धलालसः ॥१३॥ अभि-
दुद्राव वेगेन मेघराशिरिवाचलम् ॥ वासुदेवः स्मितं कृत्वा प्रतियुद्धाय तस्थिवान् ॥ १४ ॥ तद्युद्धमभवत्ताभ्यां समरे घोरदर्शनम् ॥ उभाभ्यामिव
मत्ताभ्यां कुञ्जराभ्यां यथा वने ॥ १५ ॥ शृगालस्त्वब्रवीत्कृष्णं समरे समुपस्थितम् ॥ युद्धरागेण तेजस्वी मोहाच्चामितगौरवः ॥ १६ ॥ गोमन्ते
युद्धमार्गेण यत्त्वया कृष्ण चेष्टितम् ॥ अनायकानां मूर्खाणां नृपाणां दुर्बले बले ॥ १७ ॥ स मे सुविदितः कृष्ण क्षत्रियाणां पराजयः ॥ कृपणाना-
मसत्त्वानामयुद्धानां रणोत्सवे ॥ १८ ॥ तिष्ठेदानीं यथाकामं स्थितोऽहं पार्थिवे पदे ॥ क्व यास्यसि मया रुद्धो रणेष्वपरिनिष्ठितः ॥ १९ ॥ न चाह-

लालसासे भगवानके समक्ष पहुँच गया। भगवानको देखकर वह उसी प्रकार बड़े वेगसे उनकी ओर दौड़ा, जैसे मेघसमुदाय पर्वतपर दौड़ता है। उसे समक्ष देखा तो भगवान कृष्ण भी मुसकाकर युद्ध करनेके लिए खड़े हो गये ॥ १०–१४ ॥ तदनन्तर जैसे वनमें दो मतवाले हाथियोंका युद्ध होता है, उसी प्रकार उन दोनोंमें भीषण युद्ध होने लगा ॥ १५ ॥ उसी समय महातेजस्वी और मोहान्ध शृगालने श्रीकृष्णभगवानसे कहा—॥१६॥ 'हे कृष्ण! गोमन्त पर्वतपर युद्धके समय तुमने जो कार्य किया है, उसे मैं जानता हूँ। उस समय जो क्षत्रिय राजे सेनापतिपदपर थे वे सर्वथा अयोग्य, दुर्बल, हीनबुद्धि और नितान्त मूर्ख थे। इसी कारण तुम उनकी दुर्बल सेनाको पराजित कर सके ॥ १७ ॥ १८ ॥ थे इस समय मैं स्वयं राजा और सेनानायक होकर तुम्हारे समक्ष आया हूँ। अब जब कि मैंने घेर लिया है, तब तुम मुझसे बचकर कहाँ जाओगे? क्योंकि तुम युद्धमें विशेष निपुण नहीं हो ॥ १९ ॥ मैं अपनी सेना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ लेकर तुमसे युद्ध नहा करना चाहता। जैसे तुम अकेले हो, वैसे ही मैं भी अकेला ही हूँ। रणभूमिमें हमीं दोनों लड़ेंगे ॥२०॥ यदि मैं मर जाऊँगा तो तुम संसारमें एकमात्र 'वासुदेव' कहलाओगे। यदि मैंने तुम्हें मार डाला तो मैं ही एकमात्र वासुदेव कहा जाऊँगा। कुछ भी हो, इस धर्मयुद्धमें हम दोनोंमेंसे कोई न कोई अवश्य मरेगा ॥२१॥२२॥ हे महाराज! क्षमाशील भगवान कृष्णने शृगालसे कहा—'तुम पूर्ण शक्तिसे मेरे ऊपर प्रहार करो।' यह कहकर उन्होंने अपना सुदर्शन चक्र सम्हाला ॥२३॥ इधर शृगाल भी अत्यधिक कुपित होकर भगवानपर निर्दयभावसे बाण-मुसल आदि अनेकानेक भयानक शस्त्रास्त्रोंकी वर्षा करने लगा ॥२४॥२५॥ और भगवान कृष्ण पर्वतकी तरह अटलभावसे खड़े होकर उसके प्रहारोंको सहने लगे ॥ २६ ॥ उन अग्निसदृश तेजस्वी शस्त्रास्त्रोंकी मारसे कुपित श्रीकृष्णने अपना सुदर्शन चक्र उठाकर शृगालकी छातीपर प्रहार किया ॥२७॥ उस चक्रने युद्धदुर्मद एवं महाअभिमानी

मेकं सबलो युक्तस्त्वां योद्धुमाहवे ॥ अहमेकस्त्वमप्येको द्वौ युध्याव रणे स्थितौ ॥ २० ॥ किं जनेन निरस्तेन त्वं वाऽहं च रणे स्थितः ॥ धर्मयुद्धेन निधनं व्रजत्वेकतरो रणे ॥ २१ ॥ लोकेऽस्मिन्वासुदेवोऽहं भविष्यामि हते त्वयि ॥ हते मयि त्वमप्येको वासुदेवो भविष्यसि ॥ २२ ॥ शृगालस्य वचः श्रुत्वा वासुदेवः क्षमापरः ॥ ईर्ष्यन्तं प्रहरस्वेति तमुक्त्वा चक्रमाददे ॥ २३ ॥ ततः सायकजालानि शृगालः क्रोधमूर्च्छितः ॥ चिक्षेप कृष्णे घोराणि युद्धाय लघुविक्रमः ॥ २४ ॥ शस्त्राणि यानि चान्यानि मुसलाद्यानि संयुगे ॥ पातयामास गोविन्दे स शृगालः प्रतापवान् ॥ २५ ॥ शृगालप्रहितैरस्त्रैः पावकज्वालमालिभिः ॥ निर्दयाभिहतः कृष्णः स्थितो गिरिरिवाचलः ॥ २६ ॥ सोऽस्त्रप्रहाराभिहतः किंचिद्रोषसमन्वितः ॥ चक्रमुद्यम्य गोविन्दः शृगालस्य परिक्षिपन् ॥ २७ ॥ तं रथस्थं प्रमाणस्थं शृगालं युद्धदुर्मदम् ॥ जघान समरे चक्रं जातदर्पं महाबलम् ॥२८॥ ततः सुदर्शनं चक्रं पुनरायाद्गुरोः करे ॥ चक्रेणोरसि निर्भिन्नः स गतासुर्गतोत्सवः ॥ पपात क्षतजस्रावी शृगालोऽद्रिरिवाहतः ॥२९॥ निशम्य तं निपतितं वज्रपातादिवाचलम् ॥ तस्य सैन्यान्यपययुर्विमनांसि हते नृपे ॥ ३० ॥ केचित्प्रविश्य नगरं कश्मलाभिहता भृशम् ॥ रुरुदुर्दुःखसंतप्ता भर्तृशोकाभिपीडिताः ॥ ३१ ॥ केचित्तत्रैव शोचन्तः स्मरन्तः सुकृतानि च ॥ पतितं भूपतिं भूमौ न त्यजन्ति स्म दुःखिताः ॥ ३२ ॥ ततो मेघनिनादेन स्वरेणारिविमर्दनः ॥ कृष्णः कमलपत्राक्षो जनानामभयं ददौ ॥ ३३ ॥ चक्रोचितेन हस्तेनराजतांगुलिपर्वणा ॥ न भेतव्यं

शृगालको तत्काल परलोक भेज दिया ॥ २८ ॥ यह कार्य सम्पन्न करके सुदर्शन चक्र फिर अपने प्रभु भगवान कृष्णके पास लौट आया। उस चक्रकी मारसे वक्षःस्थल विदीर्ण होजानेके कारण गेरूकी धारा बहानेवाले पर्वतके समान रुधिरकी धारा बहाता हुआ भीमकाय शृगाल पृथिवीपर गिर गया ॥ २९ ॥ वज्रास्त्र द्वारा ताडित पर्वतके समान राजा शृगालके धराशायी हो जानेका समाचार सुनकर ही उसकी निराश सेना भाग खड़ी हुई ॥३०॥ उनमेंसे कुछ सैनिक नगरमें लौटकर गये तो शोकके कारण मूर्छित हो गये, किन्तु शीघ्र ही पुनः सचेत होकर रोदन करने लगे ॥ ३१ ॥ कुछ लोग समरभूमिमें ही राजाके मृत शरीरसे लिपटकर उसका गुणगान करते हुए रोने लगे ॥ ३२ ॥ तब कमललोचन भगवान कृष्णने चक्र धारण करनेवाली

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उँगलियोंयुक्त अपनी भुजा उठाकर 'हे सैनिकों ! तुम लोग शंका त्यागकर निर्भय हो जाओ। मैं इस पापीके अपराधसे निरपराध लोगोंपर प्रहार नहीं करूँगा। क्योंकि यह बात वीरव्रतीके लिए उचित नहीं है' ॥३३–३५॥ भगवानके ऐसा कहनेपर वे सभी सैनिक नेत्रोंमें आँसू भरके रोते हुए चक्र द्वारा विदीर्ण वक्षस्थल तथा पृथिवीपर गिरे भिन्नश्रृङ्ग पर्वतके समान विशालकाय श्रृगालकी ओर निर्निमेष नयनोंसे निहारने लगे ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ प्रजाजनोंके साथ मन्त्रिगण भी नितान्त शोकाकुल होकर आश्रुपूर्ण नयनोंसे रुदन करने लगे ॥३८॥ पुरवासियोंका रोदन सुनकर श्रृगालकी पत्नियाँ भी हाहाकार करती हुई अपने-अपने बालकोंके साथ अन्तःपुरसे बाहर निकल पड़ीं ॥३९॥ रणभूमिमें पहुँचकर उन्होंने देखा कि कृष्णके द्वारा मारा हुआ उनका पति श्रृगाल भूमिशय्यापर पड़ा सो रहा है। उसे देखते ही वे छाती पीटती तथा केशोंको नोचती हुई आर्तस्वरसे विलाप करने लगीं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ रुदन करती करती वे अपने केश

न भेतव्यमिति तानभ्यभाषत ॥ ३४ ॥ नास्य पापस्य दोषेण निराबाधकरं जनम् ॥ घातयिष्यामि समरे नेदं शूरव्रतं मतम् ॥ ३५ ॥ अश्रुपूर्ण-मुखा दीनाः क्रन्दमाना भृशं तदा ॥ पातितो वै श्रृगालाख्यो भ्रष्टः सन् दीनमानसः ॥ ३६ ॥ ते स्म पश्यन्ति पतितं धरण्यां धरणीपतिम् ॥ चक्र-निर्द्दारितोरस्कं भिन्नश्रृङ्गमिवाचलम् ॥ ३७ ॥ विलपन्ति स्म ते सर्वे सचिवाः सप्रजा भृशम् ॥ साश्रुपातेक्षणा दीनाः शोकस्य वशमागताः ॥३८॥ तेषां रुदितशब्देन पौराणां विस्वरैः स्वरैः ॥ महिष्यस्तस्य निष्पेतुः सपुत्रा रुदिताननाः ॥३९॥ तास्तं निपतितं दृष्ट्वा श्लाघ्यं भूमिपतिं पतिम् ॥ स्तनानारुज्य करजैर्भृशार्ताः पर्यदेवयन् ॥ ४० ॥ उरांस्युरसिजांश्चैव शिरोजान्याकुलान्यपि ॥ निर्दय ताडयन्त्यस्ता त्रिस्वरं रुरुदुः स्त्रियः ॥४१॥ तस्योरसि सुदुःखार्ता मृदिताः क्लिन्नलोचनाः ॥ पेतुरूर्ध्वभुजाः सर्वाश्छिन्नमूला लता इव ॥ ४२ ॥ तासां बाष्पाम्बुपूर्णानि नेत्राणि नृपयोषिताम् ॥ वारिविप्रहतानीव पङ्कजानि चकाशिरे ॥ ४३ ॥ ताः पतिं पतितं भूमौ रुदन्त्यो हृदि ताडिताः ॥ लालप्यमानाः करुणं योषितः पर्यदेवयन् ॥ ४४ ॥ पुत्रं चास्य पुरस्कृत्य बालं प्रस्रुतलोचनम् ॥ शक्रदेवं पितुः पार्श्वे द्विगुणं रुरुदुः स्त्रियः ॥ ४५ ॥ अयं ते वीर विक्रान्तो बालः पुत्रो न पण्डितः ॥ त्वद्विहीनः कथमयं पदे स्थास्यति पैतृके ॥ ४६ ॥ कथमेकपदे त्यक्त्वा गतोऽस्यन्तःपुरं परम् ॥ अतृप्तास्तव सौख्यानां किं कुर्मो विधवा वयम् ॥ ४७ ॥ तस्य पद्मावती नाम महिषी प्रमदोत्तमा ॥ रुदती पुत्रमादाय वासुदेवमुपस्थिता ॥ ४८ ॥ यस्त्वया पातितो वीर रणप्रोक्तेन कर्मणा ॥

छितरा तथा भुजा ऊपर उठाकर छिन्नमूल लताके समान मृत पतिकी छातीपर लोट गयीं ॥ ४२ ॥ आँसुओंसे भरे हुए उन रानियोंके नेत्र सलिलसिक्त कमलके समान दिखायी देने लगे ॥ ४३ ॥ वे सब रानियें छाती पीटती और करुण स्वरमें रोती हुई विलाप कर रही थीं ॥ ४४ ॥ जब श्रृगालपुत्र शक्रदेव आँखोंमें आँसू भरके अपने मृत पिताके पास खड़ा हुआ तो वे रानियाँ दूने वेगसे रोदन करती हुई कहने लगीं—॥ ४५ ॥ हे वीर ! तुम्हारा परम पराक्रमी पुत्र सहदेव अभी निरा बालक है। यह किसी विषयमें परिपक्व नहीं है। तुम्हारी अनुपस्थितिमें यह इस सूने राजसिंहासनपर कैसे बैठेगा ? ॥४६॥ हमलोग अभी भी आपके साथ सुखालाप करके तृप्त नहीं हुई हैं। तब आप क्यों हमें छोड़कर स्वर्गके अन्तःपुरमें चले गये ? अब विधवा होकर हम सब क्या करेंगी ? ॥ ४७ ॥ हे महाराज ! जब वे सब इस प्रकार विलाप कर रही थीं, उसी समय कामिनी-कुलभूषण राजमहिषी पद्मावती अपने पुत्र शक्रदेवको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ लेकर कृष्ण भगवानके समीप गयी और कहने लगी—॥४८॥ हे वीर ! आपने युद्धनीतिके अनुसार जिसको मारा है, उस प्रेतात्माका यह पुत्र आपकी शरणमें आया हुआ है ॥४९॥ यदि यह बालक आपके समक्ष विनम्र रहे, यदि आपके आदेशका पालन करे और यदि आपके साथ बन्धुत्वभावकी स्थापनाके लिए सचेष्ट रहे तो आशा है कि इसे आपका दारुण प्रहार सहकर नहीं मरना पड़ेगा ॥ ५० ॥ ५१ ॥ जो भी हो, अब आप अपने पुत्रकी तरह समझकर इस राजपुत्रकी भी रक्षा करें ॥ ५२ ॥ महात्मा कृष्ण राजमहिषी पद्मावतीके वचन सुनकर मृदु और मधुर शब्दोंमें उससे बोले— राजरानी ! दुरात्मा राजा शृगालपर मेरा जो कोप था, वह इसके मरणके साथ ही समाप्त हो गया। अब मैं प्रकृतिस्थ हो गया हूँ, तब उसका सुहृद ही हूँ ॥५३॥५४॥ हे साध्वी ! तुम्हारे सरल वचनोंसे मेरा क्रोधभाव सर्वथा दूर हो गया है। यह शक्रदेव जिस तरह मृत राजा शृगालका पुत्र है, उसी प्रकार मेरा पुत्र है ॥५५॥

तस्य प्रेतगतस्यायं पुत्रस्त्वां शरणं गतः ॥ ४९ ॥ यदि त्वां प्रणमेतासौ कुर्याद्वा शासनं तव ॥ नायमेकप्रहारेण जनस्तप्येत दारुणम् ॥ ५० ॥ यदि कुर्यादयं मूढस्त्वयि बांधवकं विधिम् ॥ नैवं परीतः कृपणः सेवेत धरणीतलम् ॥ ५१ ॥ अयमस्य विपन्नस्य बान्धवस्य तवानघ ॥ सन्तती रक्ष्यतां वीर पुत्रः पुत्र इवात्मजः ॥ ५२ ॥ तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा महिष्या यदुनन्दनः ॥ मृदुपूर्वमिदं वाक्यमुवाच वदतांवरः ॥ ५३ ॥ राजपत्नि गतो रोषः सहानेन दुरात्मना ॥ प्रकृतिस्था वयं जाता देवि सैषोऽस्मि बान्धवः ॥ ५४ ॥ रोषो मे विगतः साध्वि तव वाक्यैरकल्मषैः ॥ योऽयं पुत्रः शृगालस्य ममाप्येष न संशयः ॥ ५५ ॥ अभयं चाभिषेकं च ददाम्यस्मै सुखाय वै ॥ आहूयन्तां प्रकृतयः पुरोधा मन्त्रिणस्तथा ॥ ५६ ॥ पितृपैतामहे राज्ये तव पुत्रोऽभिषिच्यताम् ॥ ततः प्रकृतयः सर्वाः पुरोधा मन्त्रिणस्तथा ॥ ५७ ॥ अभिषेकार्थमाजग्मुर्यतो वै रामकेशवौ ॥ ततः सिंहासनस्थं तु राजपुत्रं जनार्दनः ॥ ५८ ॥ अभिषेकेण दिव्येन योजयामास वीर्यवान् ॥ अभिषिच्य शृगालस्य करवीरपुरे सुतम् ॥ कृष्णस्तदहरेवाशु प्रस्थानमभ्यरोचयत् ॥ ५९ ॥ रथेन हरियुक्तेन तेन युद्धार्जितेन वै ॥ केशवः प्रस्थितोऽध्वानं वृत्रहा त्रिदिवं यथा ॥६०॥ शक्रदेवोऽपि धर्मात्मा सह मात्रा परन्तप ॥ सबालवृद्धयुवतीमुख्याः प्रकृतयस्तथा ॥ ६१ ॥ शिबिकायामथारोप्य शृगालं युद्धदुर्मदम् ॥ संहता दूरमार्गेण पश्चि-

अतएव मैं इसे अभयदान और राज्यपद प्रदान कर रहा हूँ। शीघ्र मंत्री, पुरोहित और प्रजाजनोंको बुलवाओ ॥५६॥ क्योंकि मुझे इसी समय पूर्वपुरुषागत राज्यसिंहासनपर इसका अभिषेक करना है। तदनन्तर प्रजागण, पुरोहितगण और मन्त्रिगण शक्रदेवका अभिषेक करनेके लिए भगवान कृष्ण और बलरामके समीप जा पहुँचे। तदनन्तर भगवान कृष्णने राजपुत्र शक्रदेवका दिव्यरूपसे अभिषेक कर दिया। इस प्रकार शृगालके पुत्रका करवीरपुरके राज्यसिंहासनपर अभिषेक करके उसी दिन श्रीकृष्ण, बलराम और चेदिराजने वहाँसे प्रस्थान कर दिया ॥५७–५९॥ जिस तरह देवराज इन्द्र गमन करते समय स्वर्गकी शोभा बढ़ाते हैं, उसी प्रकार भगवान कृष्ण इस विपयमें प्राप्त तथा श्यामवर्णके घोड़ोंसे जुते रथपर सवार होकर मार्गको सुशोभित करने लगे ॥ ६० ॥ इधर नव-अभिषिक्त शक्रदेव भी अपनी माता, प्रजावर्ग तथा आबाल-वृद्ध-वनिता सभी नर-नारियोंको साथ लेकर नरपति शृगालके मृत देहको पालकीमें रखकर पश्चिमकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओर बहुत दूरतक गये ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ वहाँ मरणोपरान्त किये जानेवाले विधानके अनुसार उसका पारलौकिक कृत्य सम्पन्न किया ॥ ६३ ॥ इसके बाद पूर्वपुरुषोंके नाम-गोत्रका उच्चारण करके श्राद्ध-तर्पण किया गया ॥ ६४ ॥ इस प्रकार मृत पिताका और्ध्वदैहिक कर्म करके राजा शक्रदेव शोकाकुलभावसे अपने नगरको लौटे ॥ ६५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४५ ॥

(श्रीकृष्ण और बलरामका मथुरापुरी पहुँचना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज जनमेजय ! भगवान कृष्ण और बलराम चेदिराज दमघोषके साथ चलकर छ दिनोंमें मथुराके निकट पहुँच गये । जो पाँच रात्रियाँ राहमें बीतीं, उनमें चेदिराज दमघोषके साथ रहनेके कारण उन्हें कोई कष्ट नहीं हुआ । बल्कि आह्लाद और आमोद-प्रमादमें वे पाँचों रात्रियाँ एकरात्रिके समान संकुचित होकर बीतीं ॥१॥२॥ उन्हें मथुराके पास पहुँचा सुनकर उग्रसेन आदि यादव परम प्रसन्न होकर सेनाके साथ उनकी अगवानी करने गये । शिल्पीसम्प्रदाय, प्रजावर्ग, मंत्रिगण और

माभिमुखा ययुः ॥ ६२ ॥ नैधनस्य विधानेन चक्रुस्ते तस्य सत्क्रियाम् ॥ सत्कारं कारयामासुः पितॄणां पारलौकिकम् ॥ ६३ ॥ उद्दिश्योद्दिश्य राजानं श्राद्धं कृत्वा सहस्रशः ॥ ततस्ते सलिलं दत्त्वा नामगोत्रादिकीर्तनैः ॥ ६४ ॥ पितर्युपरते घोरे शोकसंविग्नमानसः ॥ कृत्वोदकं तदा राजा प्रविवेश पुरोत्तमम् ॥ ६५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शृगालवधो नाम पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तौ तु स्वल्पेन कालेन दमघोषेण संगतौ ॥ अथाध्वविधिना तौ तु पञ्चरात्रोषितौ पथि ॥ १ ॥ दमघोषेण संगम्य एकरात्रोषिताविव ॥ जग्मतुः सहितौ वीरौ मुदा परमया युतौ ॥ २ ॥ नगरीं मथुरां प्राप्तौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ ततः प्रत्युद्गताः सर्वे यादवा यदुनन्दनौ ॥ ३ ॥ सबला हृष्टमनस उग्रसेनपुरोगमाः ॥ श्रेण्यः प्रकृतयश्चैव मन्त्रिणश्च यथोचिताः ॥४॥ सबालसवृद्धा सा चैव पुरी समभिवर्तत ॥ नन्दितुर्याण्यवाद्यन्त स्तूयेतां पुरुषर्षभौ ॥ ५ ॥ रथ्या पताकामालिन्यो भासन्ति स्म समन्ततः ॥ हृष्टा प्रमुदिता सर्वा पुरी परमशोभिता ॥ ६ ॥ भ्रात्रोस्तयोरागमने यथैवेन्द्रमहे तथा ॥ मुदितास्तत्र गायन्ति राजमार्गेषु गायकाः ॥ ७ ॥ स्तवाशीर्बहुला गाथा यादवानां प्रियंकराः ॥ गोविन्दरामौ संप्राप्तौ भ्रातरौ लोकविश्रुतौ ॥ ८ ॥ स्वे पुरे निर्भयाः सर्वे क्रीडध्वं यादवाः सुखम् ॥ न तत्र कश्चिद्दीनो वा मलिनो वा विचेतनः ॥ मथुरायाम-

उस समय ऐसा जान पड़ा कि मानो स्वयं मथुरापुरी ही उन दोनों भाइयोंकी अगवानी करनके लिए अग्रसर हो रही है। आबालवृद्ध सब प्राणी उनका स्वागत करनेके लिए चल पड़े । मथुरापुरीके सभी मार्ग मालाओं और पताकाओंसे सज गये । पुरवासियोंके चारों ओर आनन्ददायक बाजे बजने लगे और बन्दीजन उन दोनों महापुरुषोंकी स्तुति करने लगे ॥३॥४॥५॥ आनन्दकी तो कोई सीमा ही नहीं रही ॥ ६ ॥ इन्द्रमहोत्सवके अवसरपर गायकजन जिस प्रकार गान करते हैं, उसी प्रकार उन दोनों भ्राताओंके आगमनके उपलक्ष्यमें यादवोंको प्रिय लगनेवाले मधुर गीत गाते हुए वे कहने लगे—'हे यादवो ! लोकविख्यात श्रीकृष्ण और बलराम दोनों भाई मथुरा आ गये हैं । अब तुम लोग निर्भयभावसे परम आनन्दके साथ इसी पुरीमें निवास करो ।' यह कहकर वे गली-गली भगवानकी स्तुति करते हुए आशीर्वादयुक्त गायन गाने लगे । उन दोनों भ्राताओंके मथुरा आनेपर उस पुरीमें कोई भी मनुष्य दीन, मलीन और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्न नहीं रह गया ॥७–९॥ वहाँके पक्षी मीठी बोलियाँ बोलने लगे । गौ और हाथी आदि पशु भी परमानन्दित हो गये । वहाँके स्त्री-पुरुषमात्रको उनके आगमनसे अपार मानसिक सुख प्राप्त हुआ ॥१०॥ उस समय आनन्ददायी वायु बहने लगा और दसों दिशायें निर्मल हो गयीं । देवमन्दिरोंमें स्थापित देवमूर्तियाँ तक हर्षित हो उठीं ॥ ११ ॥ पूर्वकालमें सत्ययुगके समय जो सुलक्षण लक्षित होते थे, वे सब कृष्ण-बलरामके आगमनपर पुनः दिखायी देने लगे ॥ १२ ॥ तदनन्तर शुभ मुहूर्तमें शत्रुनाशन कृष्ण-बलराम दोनों भाई अश्वसंयुत रथपर सवार होकर मथुरापुरीमें प्रविष्ट हुए ॥ १३ ॥ स्वर्गके देवता जिस तरह इन्द्रका अनुगमन करते हैं, उसी प्रकार यादवगण नगरप्रवेशके समय श्रीकृष्ण और बलरामके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ १४ ॥ जैसे सूर्य और चन्द्रमा अपने-अपने पर्वतोंपर विश्राम करने जाते हैं, उसी तरह वे दोनों भाई बहुत ही प्रसन्नमनसे अपने पिताके भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ १५ ॥ वहाँ सब आयुधोंको

भूत्कश्चिद्रामकृष्णसमागमे ॥ ९ ॥ वयांसि साधुवाक्यानि प्रहृष्टा गोहयद्विपाः ॥ नरनारीगणाश्चैव भेजिरे मानसं सुखम् ॥ १० ॥ शिवाश्च प्रववुर्वाता विरजस्का दिशो दश ॥ दैवतान्यपि सर्वाणि हृष्यन्त्यायतनेष्वथ ॥ ११ ॥ यानि लिङ्गानि लोकस्य वृत्तानीह कृते युगे ॥ तानि सर्वाण्यदृश्यन्त तयोरागमने तदा ॥ १२ ॥ ततः काले शिवे पुण्ये स्यन्दनेनारिमर्दनौ ॥ हरियुक्तेन तौ वीरौ प्रविष्टौ मथुरां पुरीम् ॥ १३ ॥ प्रविशन्तं पुरीं रम्यां गोविन्दं राममेव च ॥ अनुजग्मुर्यदुगणाः शक्रं देवगणा इव ॥ १४ ॥ वसुदेवस्य भवनं पितुस्तौ यदुनन्दनौ ॥ प्रविष्टौ हृष्टवदनौ चन्द्रादित्याविवाचलम् ॥ १५ ॥ तत्रायुधानि संन्यस्य गृहे स्वे स्वैरचारिणौ ॥ मुमुदाते यदुवरौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ १६ ॥ ततस्तु वसुदेवस्य पादौ समभिपीड्य च ॥ तत्रोग्रसेनं राजानमन्यांश्च यदुपुङ्गवान् ॥ १७ ॥ यथान्यायं पूजयित्वा तौ सर्वैश्चाभिनन्दितौ ॥ जग्मतुस्तुष्टमनसौ मातुरेव निवेशनम् ॥ १८ ॥ एवं तावेकनिर्माणौ मथुरायां शुभाननौ ॥ उग्रसेनानुगौ भूत्वा कंचित्कालं मुमोदतुः ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रामकृष्णयोर्मथुरायां प्रत्यागमनं नाम षट्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कस्यांचित्त्वथ कालस्य स्मृत्वा गोपेषु सौहृदम् ॥ जगामैको व्रजं रामः कृष्णस्यानुमते स्थितः ॥ १ ॥ स गतस्तत्र रम्याणि ददर्श विपुलानि वै ॥ भुक्तपूर्वाण्यरण्यानि सरांसि सुरभीणि च ॥२॥ स प्रविष्टस्तु वेगेन तं व्रजं कृष्णपूर्वजः ॥ वन्येन रमणीयेन वेषेणा-

यथास्थान रखकर वे दोनों वसुदेवतनय बहुत आनन्दित हुए ॥ १६ ॥ इसके बाद उन्होंने जाकर वसुदेव-उग्रसेन आदि माननीय यादवोंकी चरणवन्दना की । वहाँके सब लोगों द्वारा प्रत्यभिनन्दित होकर प्रसन्नतापूर्वक माता देवकीके भवनमें गये ॥ १७ ॥ १८ ॥ इस प्रकार एक-सी आकृतिके वे दोनों भाई उग्रसेनके अधीन होकर कुछ दिन मथुरामें रहते हुए आनन्द लेने लगे ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां षट्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४६ ॥

(बलराम द्वारा यमुनाका आकर्षण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कुछ दिनों बाद गोपोंके प्राचीन स्नेहका स्मरण होनेपर बलरामने कृष्णसे परामर्श किया और अकेले ही व्रजको चल पड़े ॥ १ ॥ पूर्वकालमें उन्होंने जिन रमणीक तथा सुरभित सरोवरों और विस्तीर्ण वनोंमें विहार किया था, वे सब एक-एक करके राहमें उन्हें दिखायी देने लगे ॥ २ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्होंने रमणीक वन्यवेश धारण करके शीघ्रतापूर्वक पाँव-पयादे चलते हुए व्रजमें प्रवेश किया ॥ ३ ॥ वहाँ पहुँचकर पहलेहीके समान सबसे प्रेमपूर्वक मिले और लघु-ज्येष्ठके क्रमसे सब गोपोंके साथ वार्तालाप किया ॥ ४ ॥ जिस प्रकारका हास-परिहास उन्होंने गोपोंके साथ किया, उसी प्रकार गोपियोंके साथ भी किया ॥ ५ ॥ मधुरभाषी वृद्ध गोपोंने उन्हें प्रवाससे लौटा देखकर कुशल-प्रश्न किया और कहा—हे महाबाहु यदुनन्दन ! आपका स्वागत है। आज आपको देखकर हम बहुत प्रसन्न हुए ॥ ६ ॥ ७ ॥ हे वीर ! इसलिए हमें और भी प्रसन्नता हुई कि त्रिलोकविख्यात एवं शत्रुओंके लिए भयंकर आप पुनः व्रजमें आये हैं ॥ ८ ॥ हे यादवनन्दन ! हमारा मान बढ़ाना आपका कर्तव्य ही है। अथवा प्रत्येक प्राणी अपनी जन्म-भूमिका प्रेमी होता है और वह वहाँ निवास करना चाहता है ॥ ९ ॥ हम लोग बहुत दिनोंसे आपके आगमन और दर्शनके लिए आकुल थे। सो आज आपके दर्शन पाकर हम अपनेको

लंकृतः प्रभुः ॥ ३ ॥ स तानभाषत प्रीत्या यथा पूर्वमरिन्दमः ॥ गोपांस्तेनैव विधिना यथान्यायं यथावयः ॥ ४ ॥ तथैव प्राह तान्सर्वांस्तथैव परिहर्षयन् ॥ तथैव सह गोपीभिर्योजयन्मधुराः कथाः ॥ ५ ॥ तमूचुः स्थविरा गोपाः प्रियं मधुरभाषिणः ॥ रामं रमयतां श्रेष्ठं प्रवासात्पुनरागतम् ॥ ६ ॥ स्वागतं ते महाबाहो यदूनां कुलनन्दन ॥ अद्य स्म निर्वृतास्तात यत्त्वां पश्यामहे वयम् ॥ ७ ॥ प्रीताश्चैव वयं वीर यत्त्वं पुनरिहागतः ॥ विख्यातस्त्रिषु लोकेषु रामः शत्रुभयंकरः ॥ ८ ॥ वर्द्धनीया वयं वीर त्वया यादवनन्दन ॥ अथवा प्राणिनस्तात रमन्ते जन्मभूमिषु ॥ ९ ॥ त्रिदशानां वयं मान्या ध्रुवमद्यामलानन ॥ ये स्म दृष्टास्त्वया तात काङ्क्षमाणास्तवागमम् ॥ १० ॥ दिष्ट्या ते निहता मल्लाः कंसश्च विनिपातितः ॥ उग्रसेनोऽभिषिक्तश्च माहात्म्येन जनेन वै ॥ ११ ॥ समुद्रे च श्रुतोऽस्माभिस्तिमिना सह विग्रहः ॥ गोमन्ते च श्रुतोऽस्माभिः क्षत्रियैः सह विग्रहः ॥ वधश्चैव वधः पञ्चजनस्यैव जरासन्धेन विग्रहः ॥ १२ ॥ दरदस्य वधश्चैव जरासन्धे च या मतिः ॥ तच्चायुधावतरणं श्रुतं नः परमाहवे ॥ १३ ॥ वधश्चैव शृगालस्य करवीरपुरोत्तमे ॥ तत्सुतस्याभिषेकश्च नागराणां च सान्त्वनम् ॥ १४ ॥ मथुरायां प्रवेशश्च कीर्तनीयः सुरोत्तमैः ॥ प्रतिष्ठिता च वसुधा पार्थिवाश्च वशीकृताः ॥ १५ ॥ तव चागमनं दृष्ट्वा सभाग्याः स्म यथा पुरा ॥ तेन स्म परितुष्टा वै हृषिताश्च सबान्धवाः ॥ १६ ॥ प्रत्युवाच

देवताओंके भी मान्य समझने लगे हैं ॥१०॥ यह अच्छा ही हुआ कि आपने कंस और उसके पहलवानोंको मार डाला। इसके बाद अपने प्रभावसे उग्रसेनको पुनः राज्यपदपर अभिषिक्त किया ॥११॥ हमने सुना है कि आपने समुद्रके भीतर तिमिमत्स्यरूपी दैत्य तथा गोमन्त पर्वतपर बहुतेरे क्षत्रियोंके साथ युद्ध किया है। आपने पञ्चजन दैत्यको मारकर जरासन्धके साथ भी युद्ध किया है। यह भी सुना है कि आपने दरदका वध करके जरासन्धको पराजित किया है और रणभूमिमें ही आपको विविध प्रकारके दिव्य शस्त्रास्त्र प्राप्त हुए हैं ॥ १२ ॥ १३ ॥ अब करवीरपुरमें आपने राजा शृगालका वध किया और उसके पुत्रको राज्याभिषिक्त करके वहाँके नागरिकोंको सान्त्वना दी ॥१४॥ यह सब कार्य सम्पन्न करके आप मथुरा लौट आये। अब धरती सर्वथा प्रसन्न है और सभी राजे आपके वशीभूत हो गये हैं ॥ १५ ॥ आज आपके दर्शन पाकर हम पहले ही की तरह अपनेको भाग्यवान् समझते हैं। आज अपने बन्धु-बान्धवोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ हम परम प्रसन्न हुए हैं ।।१६।। तदनन्तर बलरामने चारों ओरसे घेरकर खड़े गोपोंको सम्बोधित करके कहा—हे महानुभावगण ! आप लोग यादवोंसे बढ़कर हमारे बान्धव हैं ।।१७।। यहीं हमारी बाल्यावस्था बीती है और आप लोगोंने अपने घरमें खिला-पिलाकर हमें बड़ा किया है। यहीं हमने गायें चरायी हैं। तब हमारे मनमें विकार कैसे आयेगा ! ।।१८।। आप लोगोंके साथ मेरा सौहार्द दृढ़ हो गया है ।। १९ ।। उन गोपोंके बीच भगवान बलरामके वचन सुनकर गोपियोंको भी बहुत आनन्द प्राप्त हुआ ।। २० ।। तदनन्तर बलरामजी वनविहार करने लगे। उसी समय उनके स्वभावसे परिचित एवं देश कालके अभिज्ञ गोपोंने उन्हें वारुणी मदिरा लाकर दी। शरत्कालीन मेघके समान शुभ्रस्वरूप बलदेवजी अपने गोपबन्धुओंके साथ उसे पीने लगे ।। २१ ।। २२ ।। इसके बाद वे दूसरे वनमें पहुँचकर विहार करने लगे। उस समय गोपोंने उन आत्मज्ञानी बलरामको विविध प्रकारके अम्लान पुष्प, वनपके फल, विविध

ततो रामः सर्वांस्तानभितः स्थितान् ।। यादवेष्वपि सर्वेषु भवन्तो मम बान्धवाः ।। १७ ।। इहावयोर्गतं बाल्यमिह चैवावयो रतम् ।। भवद्भिर्वर्द्धिता-
श्चैव यास्यामो विक्रियां कथम् ।। १८ ।। गृहेषु भवतां भुक्तं गावश्च परिरक्षिताः ।। अस्माकं बान्धवाः सर्वे भवन्तो बद्धसौहृदाः ।। १९ ।। ब्रुवत्येवं
यथातत्त्वं गोपमध्ये हलायुधे ।। संहृष्टवदना भूयो बभूवुर्व्रजयोषितः ।। २० ।। ततो वनान्तरगतो रेमे रामो महाबलः ।। एतस्मिन्नन्तरे प्राप्ते रामाय
विदितात्मने ।। २१ ।। गोपालैर्देशकालज्ञैरुपानीयत वारुणी ।। सोऽपिबत्पाण्डुराभ्राभस्तत्कालं ज्ञातिभिर्वृतः ।। २२ ।। वनान्तरगतो रामः पानं मदस-
मीरणम् ।। उपनिन्युस्ततस्तस्मै वन्यानि विविधानि च ।। २३ ।। प्रत्यग्ररमणीयानि पुष्पाणि च फलानि च ।। मेध्यांश्च विविधान्गन्धान्भक्ष्यांश्च
हृदयंगमान् ।। २४ ।। सद्यो हृतानि पद्मानि विकचान्युत्पलानि च ।। शिरसा चारुकेशेन किञ्चिदावृतमौलिना ।। श्रवणैकावलम्बेन कुण्डलेन विरा-
जता ।। २५ ।। चन्दनार्द्रेण पीतेन वनमालावलम्बिना ।। विबभावुरसा रामः कैलासेनेव मन्दरः ।। २६ ।। नीले वसानो वसने प्रत्यग्रजलदप्रभे ।।
रराज वपुषा शुभ्रस्तिमिरौघे यथा शशी ।। २७ ।। लाङ्गलेनावसिक्तेन भुजगाभोगवर्तिना ।। तथा भुजाग्रश्लिष्टेन मुसलेन च भास्वता ।। २८ ।। स
मत्तो बलिनां श्रेष्ठो रराजाघूर्णिताननः ।। शैशिरीषु त्रियामासु यथा स्वेदालसः शशी ।। २९ ।। रामस्तु यमुनामाह स्नातुमिच्छे महानदि ।। एहि

सुगन्धित द्रव्य, उपादेय तथा भक्ष्य पदार्थ एवं अनाघ्रात तथा विकसित कमल आदि लाकर अर्पण किया ।। २३ ।। २४ ।। श्रीबलरामका मस्तक केशराशि तथा कुछ तिरछे किरीटसे विभूषित था और उनके एक कानमें कुण्डल विद्यमान था ।। २५ ।। उनके वक्षःस्थलमें आर्द्र चन्दन लगा था और गलेमें वनमाला पड़ी हुई थी। इससे ऐसा ज्ञात हुआ कि मानो कैलास और मन्दर पर्वत दोनों एकत्र हो गये हैं ।। २६ ।। वे नवीन मेघके समान नील वसन धारण किये हुए थे। अतएव अन्धकाराच्छन्न चन्द्रमाके समान वे सुशोभित हो रहे थे ।।२७।। उनके कन्धेपर सर्पाकार हल और हाथमें तेजस्वी मुसल विद्यमान था ।। २८ ।। मत्तावस्थाके कारण उनका मुखमण्डल घूर्णित हो रहा था। अतएव वे शिशिर ऋतुकी रात्रिमें कुहरेसे ढँके खिन्न चन्द्रमाके समान दिखायी दे रहे थे ।। २९ ।। उसी समय उन्होंने यमुनाको सम्बोधित करके कहा—हे महानदी ! हे समुद्रमें जाकर मिलनेवाली यमुना ! मैं स्नान करना चाहता हूँ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अतएव मूर्तिमती होकर मेरे पास आओ ॥ ३० ॥ उनकी मत्तावस्थाकी बातें सुन स्त्रीस्वभावसे भयभीत होकर यमुना उनके समीप जानेका साहस नहीं कर सकी ॥ ३१ ॥ तब बलवान् तथा प्रमत्त बलराम बहुत कुपित हुए और भूमिकर्षणके निमित्त हलको नीचेकी ओर करके हाथमें लिया ॥ ३२ ॥ जब उन्होंने भूमिको अपनी ओर खींचना आरम्भ किया तो उनकी कमलमाला भूमिपर गिर पड़ी और उसके पुष्पोंके भीतरसे केसरसमन्वित, सुगन्धित और लोहित वर्णका मदजल बहने लगा ॥ ३३ ॥ बलराम अपने हलके टेढे अग्रभागसे प्रतिकूल आचरणवाली साधारण स्त्रीकी तरह यमुनाके तटको अपनी ओर खींचने लगे ॥ ३४ ॥ इससे यमुनाके जलका बहाव क्षुब्ध हो गया और मत्स्यादि जलजीव भागने लगे। तब यमुना स्त्रीके समान भयसे व्याकुल होकर हल द्वारा बने मार्गपर वक्रभावसे आगमन करने लगी ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ स्त्रीरूपिणी यमुनाका तटप्रदेश नितम्ब, रक्तकमल ओष्ठ, जलके वेगसे

मामभिगच्छ त्वं रूपिणी सागरंगमे ॥ ३० ॥ संकर्षणस्य मत्तोक्तां भारतीं परिभूय सा ॥ नाभ्यवर्तत तं देशं स्त्रीस्वभावेन मोहिता ॥ ३१ ॥ ततश्चुक्रोध बलवान्रामो मदसमीरितः ॥ चकार स हलं हस्ते कर्षणाधोमुखं बली ॥ ३२ ॥ तस्यामुपरि मेदिन्यां पेतुस्तामरसस्रजः ॥ मुमुचुः पुष्पकोशैश्च वासरेण्वरुणं जलम् ॥ ३३ ॥ स हलेन नताग्रेण कूले गृह्य महानदीम् ॥ चकर्ष यमुनां रामो व्युत्थितां वनितामिव ॥ ३४ ॥ सा विह्वलजलस्रोता ह्रदप्रस्थितसंचया ॥ व्यावर्तत नदी भीता हलमार्गानुसारिणी ॥ ३५॥ लाङ्गलादिष्टवर्त्मा वेगगा वक्रगामिनी ॥ संकर्षणभयत्रस्ता योषेवाकुलतां गता ॥ ३६ ॥ पुलिनश्रोणिबिम्बौष्ठी मृदितैस्तोयताडितैः ॥ फेनमेखलसूत्रैश्च छिन्नैरम्बुदगामिनी ॥ ३७ ॥ तरङ्गविषमापीडा चक्रवाकोन्मुखस्तनी ॥ वेगगम्भीरवक्राङ्गी त्रस्तभीमविभूषणा ॥ ३८ ॥ सितहंसेक्षणापाङ्गी काशक्षौमोच्छ्रिताम्बरा ॥ तीरजोद्धतकेशान्ता जलस्खलितगामिनी ॥ ३९ ॥ लांगलोल्लिखितापांगी क्षुभिता सागरंगमा ॥ मत्तेव कुटिला नारी राजमार्गेण गच्छती ॥ ४० ॥ कृष्यते साऽतिवेगेन स्रोतःस्खलितगामिनी ॥ उन्मार्गा नीतमार्गासा येन वृन्दावनं वनम् ॥ ४१ ॥ वृन्दावनस्य मध्येन सा नीता यमुना नदी ॥ रोरूयमाणेव खगैरन्विता तोयवासिभिः ॥ ४२ ॥ सा यदा तमभिक्रान्ता नदी वृन्दावनं वनम् ॥ तदा स्त्रीरूपिणी भूत्वा यमुना राममब्रवीत् ॥ ४३ ॥ प्रसीद नाथ भीताऽस्मि प्रतिलोमेन कर्मणा ॥ विपरीतमिदं रूपं तोयं च मम जायते ॥ ४४ ॥ असत्यहं नदीमध्ये रौहिणेय त्वया कृता ॥ सुप्रसन्नमना

उठते हुए फेन मेखला, तरङ्गें सिरकी माला, चक्रवाक उन्नत स्तन, गम्भीर वेग वक्र अङ्ग, भयभीत मत्स्य आभूषण, श्वेत हंस नेत्र, कासके फूल पट्टवस्त्र, तटवर्ती सेवार केश और जल ही उसकी लड़खड़ाती चाल थी ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ वह कुटिल कटाक्षवाली एवं सागरगामिनी यमुना बलदेवके हलसे आकृष्ट होकर उन्मत्ता स्त्रीकी तरह राजमार्गपर चलती हुई वृन्दावनके वनमें आ पहुँची ॥४०॥४१॥ उस समय जलचर पक्षियोंका कलरव सुनकर ऐसा लगा कि वह नदी वृन्दावनमें आकर उच्च स्वरसे रुदन कर रही है ॥४२॥ वृन्दावनमें आ तथा स्त्रीका रूप धारण करके यमुना बलदेवके पास जाकर कहने लगी—॥ ४३ ॥ हे नाथ! आप मुझपर प्रसन्न हों। मैं इस व्यभिचारके कामसे डर गयी हूँ। मेरे जलका रूप विपरीत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो गया है ॥ ४४ ॥ आपके आकर्षणसे पथभ्रष्ट होकर मैं नदियोंमें कुलटा कहलाऊँगी। फिर भी भगवान करें कि आप नित्य प्रसन्न रहें। अब जब मैं समुद्रमें पहुँचूँगी तो मेरी सौत वेगगर्विता नदियें मुझे विपरीतगामिनी कहकर फेनरूपी हास्यसे मेरा उपहास करेंगी। हे कृष्णाग्रज! मैं यही भीख माँगती हूँ कि आप मुझपर प्रसन्न हों ॥ ४५–४७ ॥ आपके लांगलसे खिंचकर मैं यहाँ आयी हूँ और आपके चरणोंमें पड़कर प्रार्थना करती हूँ कि आप अपना कोप संवरण कर लीजिए ॥ ४८ ॥ हे महाभुज! कृपया मुझे मार्ग बताइए कि मैं कहाँ जाऊँ। वैशम्पायन बोले–हे महाराज जनमेजय! इस प्रकार प्रेमपूर्वक विनय करती हुई सागरवधू यमुनासे लाङ्गलायुध बलरामने कहा—॥४९॥ हे यमुने! तुम मेरे हल द्वारा प्रदर्शित मार्गसे बहती हुई समस्त देशको सींचो ॥५०॥ हे सुभ्रु! तुम्हारे लिए मेरा यही आदेश है। हे महाभागे! अब तुम शान्त होओ और सुखपूर्वक यहाँसे चली जाओ ॥५१॥ जबतक यह संसार रहेगा,

नित्यं भव त्वं सुरसत्तम ॥ ४५ ॥ कर्षणेन महाबाहो स्वमार्गव्यभिचारणी ॥ प्राप्तां मां सागरे पूर्वं सपत्न्यो वेगगर्विताः ॥ ४६ ॥ फेनहासैर्हसिष्यन्ति तोयव्यावृत्तगामिनीम् ॥ प्रसादं कुरु मे वीर याचे त्वां कृष्णपूर्वज ॥४७॥ कर्षणायुधकृष्टाऽस्मि रोषोऽयं विनिवर्त्यताम् ॥ मूर्ध्ना गच्छामि चरणौ तवैषा लांगलायुध ॥ ४८ ॥ मार्गमादिष्टमिच्छामि क्व गच्छामि महाभुज ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ प्रणयावनतां दृष्ट्वा यमुनां लांगलायुधः ॥ प्रत्युवाचार्णववधूं मदक्लान्त इदं वचः ॥ ४९ ॥ लाङ्गलादिष्टमार्गा त्वमिमं मे प्रियदर्शने ॥ देशमम्बुप्रदानेन प्लावयस्वाखिलं शुभे ॥ ५० ॥ एष ते सुभ्रु संदेशः कथितः सागरंगमे ॥ शान्तिं व्रज महाभागे गम्यतां च यथासुखम् ॥ ५१ ॥ यावत्स्थास्यति लोकोऽयं तावत्स्थास्यतु मे यशः ॥ यमुनाकर्षणं दृष्ट्वा सर्वे ते व्रजवासिनः ॥ ५२ ॥ साधु साध्विति रामाय प्रणामं चक्रिरे तदा ॥ तां विसृज्य महाभागां तांश्च सर्वान्व्रजौकसः ॥५३॥ ततः संचिन्त्य मनसा रामः प्रहरतां वरः ॥ पुनः प्रतिजगामाशु मथुरां रोहिणीसुतः ॥ ५४ ॥ स गत्वा मथुरां रामो भवने मधुसूदनम् ॥ परिवर्तमानं ददृशे पृथिव्यां सारमव्ययम् ॥ ५५ ॥ तथैवाध्वन्यवेषेण सोपसृष्टो जनार्दनम् ॥ प्रत्यग्रवनमालेन वक्षसाऽभिविराजता ॥ ५६ ॥ स दृष्ट्वा तूर्णमायातं रामं लाङ्गलधारिणम् ॥ सहसोत्थाय गोविन्दो ददावासनमुत्तमम् ॥ ५७ ॥ उपविष्टं तदा रामं पप्रच्छ कुशलं व्रजे ॥ बान्धवेषु च सर्वेषु गोषु चैव जनार्दनः ॥ ५८ ॥ प्रत्युवाच ततो रामो भ्रातरं साधुभाषिणम् ॥ सर्वत्र कुशलं कृष्ण येषां कुशलमिच्छसि ॥ ५९ ॥ ततस्त-

तबतक मेरा यश स्थायी रहेगा। व्रजवासी जन इस प्रकार बलरामके द्वारा यमुनाका आकर्षण देख उन्हें प्रणाम करके अनेकशः धन्यवाद देने लगे। कुछ समय बाद बलराम यमुना और व्रजवासियोंसे विदा लेकर फिर मथुरा चले आये ॥ ५२–५४ ॥ यहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि भगवान कृष्ण अपने भवनमें विराजमान हैं ॥५५॥ उन्हें देखते ही वे उसी पथिकवेशमें वनमाला-विभूषित वक्षःस्थलसे आलिङ्गन करनेके लिए आगे बढ़े ॥ ५६ ॥ लाङ्गलधारी बलरामको देखकर भगवान कृष्ण सहसा उठ खड़े हुए और उन्हें बैठनेके लिए उत्तम आसन प्रदान किया ॥ ५७ ॥ जब वे आनन्दपूर्वक बैठ गये, तब श्रीकृष्णने उनसे गौओं, गोपों और व्रजका कुशल–क्षेम पूछा ॥ ५८ ॥ बलरामने कहा—हे कृष्ण! जिनका आप कुशल चाहते हैं,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे सब प्रसन्न हैं ॥ ५९ ॥ तदनन्तर वे दोनों अपने पिता वसुदेवके पास गये और परस्पर बहुतेरी बातें करने लगे ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

(रुक्मिणीस्वयम्वर) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर गुप्तचर लोग लोकपाल सदृश तेजस्वी भगवान कृष्णके भव्य भवनमें पहुँचे ॥ १ ॥ उन्होंने उनको विरोध-सम्भावना विषयक अनेक समाचार सुनाये। उसी समय अन्यान्य यादव धीरे-धीरे कृष्णकी सभामें आ उपस्थित हुए ॥२॥ उन सब लोगोंके आ जानेपर गुप्तचरोंने राज्यविनाशके कारणोंका उल्लेख करते हुए कहा—॥ ३ ॥ हे जनार्दन ! विदर्भनगरमें बहुतेरे दाक्षिणात्य राजाओंका एक विशाल सम्मेलन होनेवाला है। भोजपुत्र रुक्मीके निमन्त्रणानुसार विविध देशोंके

योर्विचित्राश्च पौराण्यश्चाभवन्कथाः ॥ वसुदेवाग्रतः पुण्या रामकेशवयोस्तदा ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि यमुनाकर्षणं नाम सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नन्तरे प्राप्ता लोकप्रावृत्तिका नराः ॥ चक्रायुधगृहं सर्वे लोकपालगृहोपमम् ॥१॥ तैश्चात्ययिकशंसीषु लोकप्रावृत्तिकेष्विह ॥ कृतसंज्ञा यदुश्रेष्ठाः समेताः कृष्णसंसदि ॥ २ ॥ समागतेषु सर्वेषु यदुमुख्येषु संसदि ॥ प्रावृत्तिका नराः प्राहुः पार्थिवात्ययिकं वचः ॥ ३ ॥ जनार्दन नरेन्द्राणां पार्थिवानां समागमः ॥ भविष्यति क्षितीशानां समूढानामनेकशः ॥ ४ ॥ त्वरितास्तत्र गच्छन्ति नानाजनपदेश्वराः ॥ कुण्डिने पुण्डरीकाक्ष भोजपुत्रस्य शासनात् ॥ ५ ॥ प्रकाशं स्म कथास्तत्र श्रूयन्ते मनुजेरिताः ॥ रुक्मिणी किल नामास्ति रुक्मिणः प्रथमा स्वसा ॥ ६ ॥ भावी स्वयंवरस्तत्र तस्याः किल जनार्दन ॥ इत्यर्थमेते सबला गच्छन्ति मनुजाधिपाः ॥ ७ ॥ तस्यास्त्रैलोक्यसुन्दर्यास्तृतीयेऽहनि यादव ॥ रुक्मभूषणभूषिण्या भविष्यति स्वयंवरः ॥ ८ ॥ राज्ञां तत्र समेतानां हस्त्यश्वरथगामिनाम् ॥ द्रक्ष्यामः शतशस्तत्र शिबिराणि महात्मनाम् ॥ ९ ॥ सिंहशार्दूलदृप्तानां मत्तद्विरदगामिनाम् ॥ सदा युद्धप्रियाणां हि परस्परमर्षिणाम् ॥ १० ॥ जयाय शीघ्रं सहिता बलौघेन समन्विताः ॥ निरुद्धाः पृथिवीपालाः किमेकान्तचरा वयम् ॥ ११ ॥ निरुत्साहा भविष्यामो गच्छामो यदुनन्दन ॥ श्रुत्वैतत्केशवो वाक्यं हृदि शल्यमिवार्पितम्

राजे बड़ी उत्सुकताके साथ वहाँ जा रहे हैं। लोगोंसे मैंने सुना है कि रुक्मीकी रुक्मिणी नामकी एक बहन है। उसका स्वयम्वर होनेवाला है। इसलिए अपनी-अपनी सेनाके साथ वे राजे बड़ी शीघ्रतापूर्वक वहाँ जा रहे हैं ॥ ४–७ ॥ हे यदुनन्दन ! आजसे ठीक तीसरे दिन उस स्वर्णालङ्कारधारिणी एवं त्रैलोक्यसुन्दरी कन्याका स्वयम्वर होगा ॥ ८ ॥ अतएव हम लोग भी वहाँ चलें और हाथी, घोड़े तथा रथपर सवार होकर आनेवाले उन महात्माओंके सैकड़ों शिविर देखें ॥ ९ ॥ सिंह-शार्दूलके समान पराक्रमी, युद्धलोलुप और परस्पर ईर्ष्यापरायण राजे विजय प्राप्त करनेके लिए विशालवाहिनीके साथ जा रहे हैं। वे लोग जब वहाँ पहुँच जायँगे तो हम लोग एकाकी प्रकट हो जायँगे। अतएव हमलोग भी वहाँ अवश्य चलें। दूतके मुखसे निकले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए ये वाक्य उनके हृदयमें काँटेके समान धँस गये और वे यादव तत्काल संग्रामकी लालसासे गर्वित हो तथा अच्छे-अच्छे रथोंपर सवार होकर चल पड़े। भगवान् कृष्ण गदा और चक्र धारण करके मुसकाते हुए आगे-आगे चले ॥ १०-१४ ॥ अन्यान्य कृष्णानुयायी यादव किंकिणीविमण्डित तथा सूर्यसदृश तेजस्वी रथोंपर आरूढ़ हो-होकर उनके पीछे-पीछे चले ॥१५॥ इसी समय तत्त्वदर्शी श्रीकृष्णने उग्रसेनको सम्बोधित करके कहा—हे नृपशार्दूल! प्रायः सभी राजे नीतिज्ञ, छिद्रदर्शी और छलप्रिय होते हैं। वे हमारे वशवर्ती होकर स्वर्गवासी देवताओंके समान सुखसे रह रहे हैं। किन्तु हमारी अनुपस्थितिमें पुरीको सूनी पाकर वे जरासन्धके पक्षपाती राजे आक्रमण कर सकते हैं। अतएव आप आर्य बलरामके साथ इस मथुरापुरीमें ही रहें ॥१६-१८॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज जनमेजय! भगवानके वचन सुनकर महायशस्वी उग्रसेनने उनको सम्बोधित करके कहा—हे कृष्ण! हे यादवानन्दवर्धन! हे रिपुसूदन!

॥ १२ ॥ निर्जगाम यदुश्रेष्ठो यदूनां सहितो बलैः ॥ यादवास्ते बलोदग्राः सर्वे संग्रामलालसाः ॥ १३ ॥ निर्ययुः स्यन्दनवरैर्गर्वितास्त्रिदशा इव ॥ बलाग्रेण नियुक्तेन हरिरीशानसंमतः ॥ चक्रोद्यतकरः कृष्णो गदापाणिर्व्यरोचत ॥ १४ ॥ यादवाश्चापरे तत्र वासुदेवानुयायिनः ॥ रथैरादित्य-संकाशैः किङ्किणीप्रतिनादितैः ॥ १५ ॥ उग्रसेनं तु गोविन्दः प्राह निश्चितदर्शनः ॥ तिष्ठ त्वं नृपशार्दूल भ्रात्रा मे सहितोऽनघ ॥ १६ ॥ क्षत्रिया विकृतप्रज्ञाः शास्त्रनिश्चितदर्शनाः ॥ पुरीं शून्यामिमां वीर जघन्येनाभिपालयन् ॥ १७ ॥ अस्माकं शङ्किताः सर्वे जरासंधवशानुगाः ॥ मोदन्ते सुखिनस्तत्र देवलोके यथामराः ॥ १८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा भोजराजो महायशाः ॥ कृष्णस्नेहेन विकृतं बभाषे वचनामृतम् ॥ १९ ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो यदूनां नन्दिवर्द्धन ॥ श्रूयतां यदहं त्वद्य वक्ष्यामि रिपुसूदन ॥ २० ॥ त्वया विहीनाः सर्वे स्म न शक्ताः सुख-मासितुम् ॥ पुरेऽस्मिन्विषयान्ते वा पतिहीना इव स्त्रियः ॥ २१ ॥ त्वत्सनाथा वयं तात त्वद्बाहुबलमाश्रिताः ॥ बिभीमो न नरेन्द्राणां सेन्द्राणा-मपि मानद ॥ २२ ॥ विजयाय यदुश्रेष्ठ यत्र यत्र गमिष्यसि ॥ तत्र त्वं सहितोऽस्माभिर्गच्छेथा यादवर्षभ ॥२३॥ तस्य राज्ञो वचः श्रुत्वा सस्मितं देवकीसुतः ॥ यथेष्टं भवतामद्य तथा कर्तास्म्यसंशयम् ॥२४॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा तु वै कृष्णो जगामाशु रथेन वै ॥ भीष्मकस्य गृहं प्राप्तो लोहितायति भास्करे ॥ २५ ॥ प्राप्ते राजसमाजे तु शिबिराकीर्णभूतले ॥ रंगं सुविपुलं दृष्ट्वा राजसीं तनुमाविशत् ॥ २६ ॥ वित्रासनार्थं

मैं जो कह रहा हूँ, उसे ध्यान देकर सुनिए ॥ १९ ॥ २० ॥ विधवा स्त्रियोंके समान हमलोग इस पुरीमें या अन्यत्र कहीं भी आपके बिना सुखसे नहीं रह सकते ॥ २१ ॥ हे तात! आपके बाहुबलकी छायामें रहनेसे हमें मनुष्योंकी कौन कहे, इन्द्रसे भी कोई भय नहीं रहता ॥ २२ ॥ अतएव हे यदूत्तम! आप विजय प्राप्त करनेके लिए जब-जब जहाँ-जहाँ जायँगे, वहाँ-वहाँ हमलोग आपके साथ रहेंगे ॥ २३ ॥ राजा उग्रसेनके वचन सुनकर भगवान मुसकाये और उन्होंने कहा—राजन्! आपकी जो इच्छा होगी, मैं वही करूँगा ॥ २४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! ऐसा कहकर भगवान कृष्ण तत्काल रथपर सवार होकर चल दिये और सायंकालके समय जब सूर्यभगवान रक्तवर्णके हो गये, तब वे राजा भीष्मकके नगरमें जा पहुँचे ॥ २५ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि सब राजे आ गये हैं और उनकी छावनियोंसे वहाँकी सारी भूमि ढँक गयी है। वहाँका सभास्थान बहुत विस्तृत था। यह सब देखकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्होंने राजाका रूप धारण करके वहाँपर एकत्रित राजाओंमें भय संचार करनेके लिए अपने वाहन महाबली तथा परम पराक्रमी विनतानन्दनका गरुड़का स्मरण किया ॥ २६ ॥ २७ ॥ भगवानके स्मरण करते ही वैनतेय गरुड़ अपनी स्पष्ट मूर्ति धारण करके तत्काल उनकी ओर चले पड़े ॥ २८ ॥ चलते समय उनके पंखोंसे आँधीके समान जो हवा चली तो वहाँके सब लोग भयभीत हो-होकर पृथिवीपर गिर पड़े ॥ २९ ॥ इस प्रकार गरुड़के पंखोंकी हवासे गिरे हुए लोग भयवश सर्पोंकी तरह मस्तक झुकाकर थर-थर काँपने लगे। इधर पर्वतके समान अचलमूर्ति भगवान् कृष्णने उन राजाओंको मुँहके बल पृथिवीपर गिरा देखकर और पंखोंके पवनसे यह समझ लिया कि गरुड़ आ गये। तनिक ही देर बाद उन्होंने देखा कि दिव्यमालाविभूषित और दिव्य गन्धधारी गरुड़ निकट पहुँच गये हैं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ वे अपने पंखकी हवासे बार-बार पृथिवीको कँपा रहे थे। उनकी पीठपर जीभ लपलपाते

भूपानां प्रकाशार्थं पुरातनम् ॥ मनसा चिन्तयामास वैनतेयं महाबलम् ॥२७॥ ततश्चिन्तितमात्रस्तु विदित्वा विनतात्मजः ॥ सुखलक्ष्यं वपुः कृत्वा
निलिल्ये केशवान्तिके ॥ २८ ॥ तस्य पक्षनिपातेन पवनोद्भ्रान्तकारिणा ॥ कम्पिता मनुजाः सर्वे न्युब्जाश्च पतिता भुवि ॥ २९ ॥ गरुडाभिहताः
सर्वे प्रचेष्टन्तो यथोरगाः ॥ तान्संनिपतितान्दृष्ट्वा कृष्णो गिरिरिवाचलः ॥ ३० ॥ स राजा पक्षपातेन मनसा पतगसत्तमम् ॥ ददर्श गरुडं प्राप्तं
दिव्यस्रगनुलेपनम् ॥ ३१ ॥ पक्षवातेन पृथिवीं पालयन्तं मुहुर्मुहुः ॥ पृष्ठासक्तैः प्रहरणैर्लेलिह्यन्तमिवोरगैः ॥ ३२ ॥ वैष्णवं हस्तसंश्लेषं मन्यमान-
मवाङ्मुखम् ॥ चरणाभ्यां प्रकर्षन्तं पाण्डुरं भोगिनां वरम् ॥ ३३ ॥ हेमपत्रैरुपचितं धातुमन्तमिवाचलम् ॥ अमृतारम्भहर्तारं द्विजिह्वेन्द्रविनाशनम्
॥३४॥ त्रासनं दैत्यसंघानां वाहनं ध्वजलक्षणम् ॥ तं दृष्ट्वा स ध्वजं प्राप्तं सचिवं सांपरायिकम् ॥३५॥ धृतिमन्तं गरुत्मन्तं जगाद मधुसूदनः ॥ दृष्ट्वा
परमसंहृष्टः स्थितं देवमिवापरम् ॥३६॥ तुल्यं समर्थया वाचा गुरुत्मन्तमवस्थितम् ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ स्वागतं खेचर श्रेष्ठ सुरसेनारिमर्दन ॥३७॥
विनताहृदयानन्द स्वागतं केशवप्रिय ॥ व्रज पत्ररथश्रेष्ठ कैशिकस्य निवेशनम् ॥ ३८ ॥ वयं तत्रैव गत्वाऽद्य प्रतीक्षाम स्वयंवरम् ॥ राज्ञां तत्र समे-
तानां हस्त्यश्वरथगामिनाम् ॥ ३९ ॥ द्रक्ष्यामः शतशस्तत्र समेतानां महात्मनाम् ॥ एवमुक्त्वा महाबाहुर्वैनतेयं महाबलम् ॥ ४० ॥ जगामाथ

हुए सर्पोंके सदृश विविध प्रकारके वैष्णवास्त्र विद्यमान थे ॥ ३२ ॥ वे शस्त्र उनके हाथका स्पर्श पाकर अवनतमस्तक होते हुए एक ओर खड़े होते जा रहे थे। वे अपने पैरोंसे पाण्डुर वर्णके सर्पको खींचे ला रहे थे ॥ ३३ ॥ किसी धातुमान् पर्वतके समान उनका सारा शरीर स्वर्णपत्रसे परिपूर्ण था। पूर्वकालमें उन्होंने सबसे पहले अमृतका हरण किया था और वे बड़े-बड़े नागराजोंके विनाशक थे ॥ ३४ ॥ उन्हें देखकर दैत्योंकी मण्डली भयभीत हो जाती थी। वे भगवानकी ध्वजा तथा वाहन दोनों थे। युद्धमंत्री, ध्वजस्वरूप, धैर्यशाली एवं देवताके समान पूज्य गरुड़को अपने समक्ष उपस्थित देखकर गम्भीर वाणीमें भगवान कृष्ण बोले। उन्होंने कहा—हे पक्षिराज ! हे दैत्यसेनाके विनाशक ! मैं आपका स्वागत करता हूँ ॥ ३५–३७ ॥ हे विनताहृदयनन्दन तथा केशवप्रिय ! मैं आपका स्वागत करता हूँ। हे पक्षिराज ! आज हमलोग राजा कैशिकके घर जाकर स्वयम्बरका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अवलोकन करेंगे। अतएव आप वहाँ ही चलिए। वहाँ हाथियों, घोड़ों और रथोंपर सवार होकर सैकड़ों महात्मा राजे एकत्र हुए हैं। ऐसा कहकर महाबाहु भगवान कृष्ण गरुड़ और महारथी यादवोंके साथ महात्मा कैशिककी पुरीको चल पड़े ॥ ३८–४१ ॥ देवकीनन्दन कृष्ण जब विदर्भनरेशके-नगरके पास पहुँच गये तो उनके साथी महारथी, बलवान् तथा शस्त्रसज्ज यादव प्रसन्नतापूर्वक निवासके लिए उपक्रम करने लगे। वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इसी समय नीतिनिपुण कैशिक बड़े आह्लादके साथ गये और भगवान कृष्णका अर्घ्य-पाद्य-आचमनीय आदि उपकरणोंसे पूजन करके उन्हें अपनी पुरीमें ले आये ॥ ४२–४४ ॥ आगमनके पहले ही भगवानके निवासार्थ दिव्य गृह बना हुआ था। अतएव जिस तरह भूतपति शंकर भगवान कैलासपर्वतपर जाते हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण अपनी सेनाके साथ उस भवनमें प्रविष्ट हुए। वहाँ पहुँचनेपर उपेन्द्र श्रीकृष्ण विविध प्रकारके भोजन-पान तथा विविध

पुरीं कृष्णः कैशिकस्य महात्मनः ॥ वैनतेयसखः श्रीमान्यादवैश्च महारथैः ॥ ४१ ॥ विदर्भनगरीं प्राप्ते कृष्णे देवकिनन्दने ॥ हृष्टाः प्रमुदिताः सर्वे निवासायोपचक्रमुः ॥ ४२ ॥ सर्वे शस्त्रायुधधरा राजानो बलशालिनः ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नेव काले तु राजा नयविशारदः ॥ कैशिकस्तत उत्थाय प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ ४३ ॥ अर्घ्यमाचमनं दत्त्वा स राजा कैशिकः स्वयम् ॥ सत्कृत्य विधिवत्कृष्णं स्वपुरं संप्रवेशयत् ॥४४॥ पूर्वमेव तु कृष्णाय कारितं दिव्यमन्दिरम् ॥ विवेश सबलः श्रीमान्कैलासं शंकरो यथा ॥ खाद्यपानादिरत्नौघैरर्चितो वासवानुजः ॥ ४५ ॥ सुखेन उषितः कृष्णस्तस्य राज्ञो निवेशने ॥ पूजितो बहुमानेन स्नेहपूर्णेन चेतसा ॥ ४६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणी-स्वयंवरे अष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ते कृष्णमागतं दृष्ट्वा वैनतेयसहाच्युतम् ॥ बभूवुश्चिन्तयाविष्टाः सर्वे नृपतिसत्तमाः ॥१॥ ते समेत्य सभां राजन् राजानो भीमविक्रमाः ॥ मन्त्राय मन्त्रकुशला नीतिशास्त्रार्थ वित्तमाः ॥ २ ॥ भीष्मकस्य सभां गत्वा रम्यां हेमपरिष्कृताम् ॥ सिंहासनेषु चित्रेषु विचित्रा-स्तरणेषु च ॥ ३ ॥ निषेदुस्ते नृपवरा देवा देवसभामिव ॥ तेषां मध्ये महाबाहुर्जरासंधो महाबलः ॥४॥ बभाषे स महातेजा देवान्देवेश्वरो यथा ॥ जरासन्ध उवाच ॥ श्रूयतां भो नृपश्रेष्ठा भीष्मकश्च महामतिः ॥ कथ्यमानं मया बुद्ध्या वचनं वदतां वराः ॥५॥ योऽसौ कृष्ण इति ख्यातो वसुदेव-

रत्नोंसे पूजित होकर परम आनन्दके साथ टिक गये ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

(सुनीथकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वहाँ आये हुए राजे गरुड़के साथ श्रीकृष्ण भगवानको उपस्थित देखकर बहुत चिन्तित हुए ॥ १ ॥ तदनन्तर मंत्रणाकुशल, नीतिशास्त्रमें निपुण, महाबली और पराक्रमी वे सभी राजे उसी प्रकार महामति भीष्मकके स्वर्णसमुज्ज्वल सभामें गये, जैसे देवता देवसभामें जाते हैं। वहाँ सुन्दर तथा चित्र-विचित्र बिछौने बिछे मनोहर सिंहासनोंपर जब सब राजे बैठ गये। तब महान् पराक्रमी तथा महाबाहु जरासन्धने इन्द्रके समान सब राजाओंको सम्बोधित करके कहा—हे सब श्रेष्ठ राजाओं तथा महाराज भीष्मक! मैं अपनी बुद्धिके अनुसार जो कह रहा हूँ, उसे सुनिए ॥ २–५ ॥ यह जो कृष्णनामसे विख्यात महाबली वसुदेवपुत्र स्वयंवरा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्या-प्राप्त करनेके लिए गरुड़ तथा महारथी यादवोंको साथ लेकर कुण्डिनपुर आया हुआ है। वह तेजस्वी कृष्ण कन्याको प्राप्त करनेके लिए यथाशक्ति उद्योग करेगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ६ ॥ ७ ॥ इस समय इस विषयमें जो कार्य नीतिसङ्गत तथा कर्तव्य हो, उसके बारेमें बलाबलकी विवेचना करके कोई सिद्धान्त निर्धारित कर लेना नितान्त आवश्यक हो गया है ॥ ८ ॥ कुछ समय पहले गोमन्तपर्वतपर युद्धके समय इनके साथ गरुड़ नहीं था। फिर भी पैदल ही इन दोनों भाइयोंने जो महान् कार्य किये थे, उसे आप लोग जानते हैं। इस समय महारथी यादव भोज तथा अन्धकवंशी वीरोंके साथ मिलकर कैसा भीषण युद्ध करेंगे, इसे आप लोग सहज ही समझ सकते हैं। विशेष करके कृष्ण जब उस कन्याको प्राप्त करनेके लिए गरुड़पर सवार होगा तो उसके समक्ष कौन टिकेगा ? मुझे तो ऐसा लगता है कि देवताओंके साथ इन्द्र भी उस युद्धमें इसका सामना नहीं कर सकेंगे। मैंने सुना है

सुतो बली ॥ वैनतेयसहायेन संप्राप्तः कुण्डिनं त्विह ॥ ६ ॥ कन्याहेतोर्महातेजा यादवैरभिसंवृतः ॥ अवश्यं कुरुते यत्नं कन्यावाप्तिर्यथा भवेत् ॥ ७ ॥
यदत्र कारणं कार्यं सुनयोपेतमृद्धितम् ॥ कुरुध्वं नृपशार्दूला विनिश्चित्य बलाबलम् ॥ ८ ॥ यदा च तौ महावीर्यौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ वैनतेयं विना
तस्मिन्गोमन्ते पर्वतोत्तमे ॥ ९ ॥ यत्कृतं सुमहद्घोरं भवद्भिर्विदितं हि तत् ॥ वृष्णिभिर्यादवैश्चैव भोजान्धकमहारथैः ॥ १० ॥ समेत्य युद्धयमा-
नस्य कीदृशो विग्रहो भवेत् ॥ कन्यार्थे यतताऽनेन गरुडस्थेन विष्णुना ॥ ११ ॥ कः स्थास्यति रणे तस्मिन्नपि शक्रः सुरैः सह ॥ यदा चास्मै
नापि सुता कदाचित्संप्रदीयते ॥ १२ ॥ ततो ह्ययं बलादेनां नेतुं शक्तः सुरैः सह ॥ पुरा एकार्णवे घोरे श्रूयते मेदिनी स्वयम् ॥ १३ ॥ पातालत-
लसंमग्ना विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ वाराहं रूपमास्थाय उद्धृता जगदादिना ॥ १४ ॥ हिरण्याक्षश्च दैत्येन्द्रो वराहेण निपातितः ॥ १५ ॥ हिरण्यकशि-
पुश्चैव महाबलपराक्रमः ॥ अवध्योऽमरदैत्यानामृषिगन्धर्वकिन्नरैः ॥ १६ ॥ यक्षराक्षसनागानां नाकाशे नावनिस्थले ॥ न चाभ्यन्तररात्र्यह्नोर्न शुष्के-
णार्द्रकेण च ॥ १७ ॥ अवध्यस्त्रिषु लोकेषु दैत्येन्द्रस्त्वपराजितः ॥ नारसिंहेन रूपेण निहतो विष्णुना पुरा ॥ १८ ॥ वामनेन तु रूपेण कश्यपस्यात्मजो
बली ॥ अदित्या गर्भसंभूतो बलिं बद्ध्वासुरोत्तमम् ॥ १९ ॥ सत्यरज्जुमयैः पाशैः कृतः पातालसंश्रयः ॥ कार्तवीर्यो महावीर्यः सहस्रभुजविग्रहः ॥ २० ॥
दत्तात्रेयप्रसादेन मत्तो राज्यमदेन च ॥ जामदग्न्यो महातेजा रेणुकागर्भसंभवः ॥ २१ ॥ त्रेताद्वापरयोः संधौ रामः शस्त्रभृतां वरः ॥ पशुना वज्र-

है कि पूर्वकालमें महाप्रलयके समय जब पृथिवी पातालमें समा गयी थी, तब एकमात्र भगवान विष्णुने वाराहरूप धारण करके पृथिवीका उद्धार तथा दैत्येन्द्र हिरण्याक्षका वध किया था ॥ ९–१५ ॥ हिरण्यकशिपु इतना बड़ा वीर था कि देवता, दानव, ऋषि, गन्धर्व, किन्नर, यक्ष, राक्षस और नाग इनमेंसे कोई भी उसका नाश नहीं कर सकता था। आकाश, पृथिवी, दोनोंके बीचमें, दिन, रात, शुष्क तथा आर्द्र, किसी भी उपायसे उसका विनाश सम्भव नहीं था। समस्त त्रिलोकीमें कोई भी उसे नहीं परास्त कर सकता था। सो भगवान विष्णुने नृसिंहरूप धारण करके उसका भी वध किया ॥ १६–१८ ॥ दैत्यराज बलि जो दैत्योंमें प्रधान तथा परम पराक्रमी था, तथापि अदितिके गर्भसे उत्पन्न हो तथा कश्यपपुत्र वामनका रूप धारण करके इसी कृष्णने उस बलिको सत्यरूपी पाशमें जकड़कर रसातल भेज दिया था। हैहयवंशी वीर कार्तवीर्य, जो त्रेता और द्वापरकी सन्धिके समय भगवान दत्तात्रेयके वरदानसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहस्र भुजायें प्राप्त करके बड़ा अभिमानी हो गया था और जिसने सप्तद्वीपकी प्रभुता प्राप्त कर ली थी, सो रेणुकाके गर्भसे उत्पन्न जमदग्नितनय परशुरामके रूपमें अवतीर्ण होकर अपने वज्रतुल्य परशुसे उस सहस्रबाहुको इसी कृष्णने मार डाला ॥१९–२२॥ पूर्वकालमें उत्पन्न दशरथतनय रामने त्रिलोकविजयी वीर रावणको मारा था ॥२३॥ सत्ययुगमें तारकामय संग्रामके अवसरपर यह अष्टभुज धारण करके गरुड़पर सवार हुआ और बलसे दर्पित सभी असुरोंको यमपुर भेज दिया। जिस दैत्येन्द्र कालनेमिको देखकर देवता भी दहल जाते थे, उसे भी इस कृष्णने अपने सूर्यसदृश तेजस्वी सुदर्शन चक्रसे परलोक पहुँचा दिया। इसके अतिरिक्त बाल्यकालमें इसने अनेक महाबली और परम पराक्रमी वनवासी दैत्योंको कालरूपी अग्निके मुखमें आहुति दे दी है। बाल्यावस्थामें गोपवेश धारण करके इसने प्रलम्ब, अरिष्ट, धेनुक, शकुनी (पूतना), केशी, यमलार्जुन, कुवलयापीड हाथी, चाणूर, मुष्टिक और साथियों समेत

कल्पेन सप्तद्वीपेश्वरो नृपः ॥ विष्णुना निहतो भूयश्छद्मरूपेण हैहयः ॥ २२ ॥ इक्ष्वाकुकुलसंभूतो रामो दाशरथिः पुरा ॥ त्रिलोकविजयं वीरं रावणं संन्यपातयत् ॥२३॥ पुरा कृतयुगे विष्णुः संग्रामे तारकामये ॥ षोडशार्द्धभुजो भूत्वा गरुडस्थो हि वीर्यवान् ॥ २४ ॥ निजघानासुरान् युद्धे वरदानेन गर्वितान् ॥ कालनेमिश्च दैतेयो देवानां च भयप्रदः ॥२५॥ सहस्रकिरणाभेन चक्रेण निहतो युधि ॥ महायोगबलेनाजौ विश्वरूपेण विष्णुना ॥ २६ ॥ अनेन प्राप्तकालास्ते निहता बहवोऽसुराः ॥ वने वनचरा दैत्या महाबलपराक्रमाः ॥ २७ ॥ निहता बालभावेन प्रलम्बारिष्टधेनुकाः ॥ शकुनीं केशिनं चैव यमलार्जुनकावपि ॥२८॥ नागं कुवलयापीडं चाणूरं मुष्टिकं तथा ॥ कंसं च बलिनां श्रेष्ठं सगणं देवकीसुतः ॥२९॥ न्यहनद्गोपवेषेण क्रीडमानो हि केशवः ॥ एवमादीनि दिव्यानि छद्मरूपाणि चक्रिणा ॥ ३० ॥ कृतानि तत्र तत्रैव मायया प्रभविष्णुना ॥ तेनाहं वः प्रवक्ष्यामि भवतां हितकाम्यया ॥ ३१ ॥ तं मन्ये केशवं विष्णुं सुराद्यमसुरान्तकम् ॥ नारायणं जगद्योनिं पुराणं पुरुषं ध्रुवम् ॥ ३२ ॥ स्रष्टारं सर्वभूतानां व्यक्ताव्यक्तं सनातनम् ॥ अदृश्यं सर्वलोकानां सर्वलोकनमस्कृतम् ॥ ३३ ॥ अनादिमध्यनिधनं क्षरमक्षरशाश्वतम् ॥ स्वयंभुवमजं स्थाणुमजेयं सचराचरैः ॥ ३४ ॥ त्रिविक्रमं त्रिलोकेशं त्रिदशेन्द्रारिनाशनम् ॥ इति मे निश्चिता बुद्धिर्जातोऽयं मथुरामधि ॥ ३५ ॥ कुले महति वै राज्ञां विपुले चक्रवर्तिनाम् ॥ कथमन्यस्य मर्त्यस्य गरुडो वाहनं भवेत् ॥ ३६ ॥ विशेषेण तु कन्यार्थे विक्रमस्थे जनार्दने ॥ कः स्थास्यति

कंसको भी खेल-खेलमें मार डाला ॥ २४–२९ ॥ भगवान विष्णुने इस प्रकार समय-समयपर अपनी मायाके बलसे नाना प्रकारके दिव्य रूप धारण किये हैं। अतएव मैं आप लोगोंके हितकी बात कह रहा हूँ ॥ ३० ॥ ३१ ॥ वह असुरान्तक कृष्ण अवश्य आदिदेव नारायणका रूप है। वही विष्णु, नारायण, संसारका मूल कारण, शाश्वत सनातन पुरुष, सब प्राणियोंका रचयिता और सबके लिए अनधिगम्य महापुरुष है। वह सर्वलोकनमस्कृत है ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ उसका न आदि है, न मध्य है और न अन्त है। वह क्षर, अक्षर, स्वयम्भू, अज, स्थाणु, चराचरसे अजेय, त्रिलोकनाथ, देवेन्द्र और शत्रुसूदन है। मुझे निश्चितरूपसे ज्ञात होता है कि वह आदिदेव विष्णु ही मथुराके चक्रवर्ती राजाओंके विख्यात वंशमें अवतीर्ण हुआ है। यदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऐसा न होता तो गरुड़ उसका वाहन कैसे बनता ? ॥३४–३६॥ विशेष करके वह कृष्ण जब कन्याके लोभसे युद्धके लिए प्रस्तुत हो जायगा तो आप लोगोंमेंसे कौन साहसके साथ गरुड़के
समक्ष खड़ा होगा ? ॥ ३७ ॥ स्वयम्वरके लिए ही यह कृष्णरूपधारी विष्णु यहाँ आया हुआ है और इसके आगमनसे यहाँ भयंकर अनर्थको सम्भावना उपस्थित हो गयी है ॥ ३८ ॥
मुझे जो कहना था, सो कह चुका। अब आप लोग आगेकी बातोंपर विचार करें। वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! मगधराज जरासन्धके वचनोंको सुनकर असाधारण बुद्धिशक्तिसम्पन्न
सुनीथ (शिशुपाल) ने कहा––मगधराजने यथार्थ बात कही है ॥ ३९ ॥ ४० ॥ गोमन्त पर्वतके युद्धमें कृष्ण-बलरामने अतिशय दुष्कर कार्य किये हैं ॥४१॥ इन दोनोंके सुदर्शन चक्र
और लाङ्गल (हल) रूपी अग्निमें गज, अश्व, रथ और पदातिप्रभृति बहुतेरी सेनाओंकी आहुतियाँ पड़ चुकी हैं ॥ ४२ ॥ उस युद्धमें दारुण सैन्यविनाशका स्मरण करके ही इन्होंने ऐसा
कहा है। भावी घटनाओंपर भी इनकी बातोंका स्पष्ट प्रकाश पड़ता है ॥ ४३ ॥ क्योंकि गोमन्तके महायुद्धमें इनके निर्दय प्रहारसे सेनाका भयंकर संहार हो गया था। अभी-अभी जो

पुमानद्य गरुडस्याग्रतो बली ॥ ३७ ॥ स्वयंवरकृतेनासौ विष्णुः स्वयमिहागतः ॥ विष्णोरागमने चैव महान्दोषः प्रकीर्तितः ॥ ३८ ॥ भवद्भिरनु-
चिन्त्येदं क्रियतां यदनन्तरम् ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं विब्रुवमाणे तु मगधानां जनेश्वरे ॥ ३९ ॥ सुनीथोऽथ महाप्राज्ञो वचनं चेदमब्रवीत् ॥
सुनीथ उवाच ॥ सम्यगाह महाबाहुर्मगधाधिपतिर्नृपः ॥ ४० ॥ समक्षं नरदेवानां यथावृत्तं महाहवे ॥ गोमन्ते रामकृष्णाभ्यां कृतं कर्म सुदुष्करम्
॥ ४१ ॥ गजाश्वरथसंबाधा पत्तिध्वजसमाकुला ॥ निर्दग्धा महती सेना चक्रलाङ्गलवह्निना ॥ ४२ ॥ तेनायं मागधः श्रीमाननागतमचिन्तयत् ॥
ब्रुवते राजसेनायामनुस्मृत्य सुदारुणम् ॥ ४३ ॥ पदात्योर्युध्यतोस्तत्र बलकेशवयोर्युधि ॥ दुर्निवार्यतरो घोरौ ह्यभवद्वाहिनीक्षयः ॥ ४४ ॥ विदितं
वः सुपर्णस्य स्वागतस्य नृपोत्तमाः ॥ पक्षवेगानिलोद्धूता बभ्रमुर्गगनेचराः ॥ ४५ ॥ समुद्राः क्षुभिताः सर्वे चचालाद्रिर्मही मुहुः ॥ वयं सर्वे सुसं-
त्रस्ताः किमुत्पातेति विक्लवाः ॥ ४६ ॥ यदा संनह्य युयुधे आरूढः केशवः खगम् ॥ कथमस्मद्विधः शक्तः प्रतिस्थातुं रणाजिरे ॥ ४७ ॥ राज्ञां
स्वयंवरो नाम सुमहान्हर्षवर्धनः ॥ कृतो नरवरैराद्यैर्यशोधर्मस्य वै विधिः ॥ ४८ ॥ इदं तु कुण्डिनगरमासाद्य मनुजेश्वराः ॥ पुनरेवैष्यते क्षिप्रं
महापुरुषविग्रहम् ॥४९॥ यदि सा वरयेदन्यं राज्ञां मध्ये नृपात्मजा ॥ कृष्णस्य भुजयोर्वीर्यं कः पुमान्प्रसहिष्यति ॥५०॥ विज्ञापितमिदं दोषं स्वयंवर-

गरुड़ आया है, उसे भी आप देखे ही हैं। उसके पंखोंकी हवासे सभी गगनचारी जीव आकाशमें भ्रमण करने लगे ॥४४॥ समुद्र विशेषरूपसे क्षुब्ध हो उठे, पर्वत हिल गये और धरती
काँपने लगी थी। हम लोग भी 'यह कैसी विपत्ति आयी' ऐसा सोचकर विकल हो गये थे ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ अतएव कृष्ण जब रणवेश धारणपूर्वक गरुड़पर सवार होकर युद्धमें प्रवृत्त
होगा तो मेरे जैसा कौन व्यक्ति रणभूमिमें उसके समक्ष खड़ा होगा ॥ ४७ ॥ स्वयम्वर राजाओंके लिए महान् हर्षवर्धक कार्य है। इसके द्वारा अतुलित कीर्ति प्राप्त होती है। ऐसा
सोचकर ही हमारे पूर्वज महापुरुषोंने इस स्वयम्वर प्रथाकी सृष्टि की थी ॥ ४८ ॥ किन्तु आज इस कुण्डिनपुरमें इतने अधिक राजाओंके एकत्र हो जानेके कारण घोरतर युद्धकी
सम्भावना उपस्थित हो गयी है ॥ ४९ ॥ यदि कन्या हम राजाओंमेंसे किसी राजाके गलेमें वरमाला डालेगी तो वह किस तरह कृष्णके बाहुबलको सहन करके उसका पाणिग्रहण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करेगा ॥ ५० ॥ अतएव यह स्वयंवरमहोत्सव बहुत बड़े अनर्थका कारण बन गया है। जैसा कि मगधराज जरासन्धने कहा है, एक कन्याके लिए कृष्ण और हम लोगोंका आगमन अतिशय गर्हित रूप धारण कर चुका है ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायामेकोनपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

(रुक्मिणीस्वयंवर) वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! महात्मा सुनीथ (शिशुपाल) के ऐसा कहनेपर करूपाधिपति दन्तवक्त्रने कहा--॥ १ ॥ मगधपति जरासन्ध और बुद्धिमान् शिशुपालने जो कहा है, वह हमारे लिए श्रेयस्कर और युक्तिसंगत है ॥ २ ॥ मैं विद्वेष, अहङ्कार अथवा विजय पानेकी इच्छावश इनकी अच्छी बातोंका प्रतिवाद नहीं करना चाहता ॥ ३ ॥ क्योंकि नीतिशास्त्रका अर्थ समुद्रके समान अगाध और अतिशय दुर्ग्राह्य होता है। राजसभामें इसका भलीभाँति प्रतिपादन करनेवाले पुरुष विरले ही होते हैं ॥ ४ ॥

महोत्सवम् ॥ तदर्थमागतः कृष्णो वयं चैव नराधिपाः ॥५१॥ कृष्णस्यागमनं चैव नृपाणामतिगर्हितम् ॥ कन्याहेतोर्नरेन्द्राणां यथा वदति मागधः ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीस्वयंवरे मागधसुनीथवाक्ये एकोनपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ इत्येवमुक्ते वचने सुनीथेन महात्मना ॥ करूषाधिपतिर्वीरो दन्तवक्त्रोऽभ्यभाषत ॥ १ ॥ दन्तवक्त्र उवाच ॥ यदुक्तं मागधेनात्र सुनीथेन नराधिपाः ॥ युक्तपूर्वमहं मन्ये यदस्माकं वचो हितम् ॥ २ ॥ न च विद्वेषणेनाहं न चाहंकारवादिना ॥ न चात्मविजिगीषुत्वाद्दूषयामि वचोऽमृतम् ॥ ३ ॥ वाक्यार्णवं महागाधं नीतिशास्त्रार्थबृंहितम् ॥ क एष निखिलं वक्तुं शक्तो वै राजसंसदि ॥४॥ किं त्वनुस्मरणार्थेऽहं यद्ब्रवीमि शृणुष्व मे ॥ आगतो वासुदेवेति किमाश्चर्यं नराधिपाः ॥ ५ ॥ यथागता वयं सर्वे कृष्णोऽपीह तथागतः ॥ किमत्र दोषो गौण्यो वा कन्याहेतोः समागताः ॥ ६ ॥ यदस्माभिः समेत्यैक्यात्कृतं गोमन्तरोधनम् ॥ तत्र युद्धकृतं दोषं कथं वै वक्तुमर्हथ ॥ ७ ॥ वनवासे स्थितौ वीरौ कंसव्यामोहहेतुना ॥ देवर्षिवचनाद्राजन्वृन्दावनतटे स्थितौ ॥ ८ ॥ तावाहूय वधार्थेन उभौ रामजनार्दनौ ॥ नागेनोद्दीपितौ वीरौ हत्वा नागं विवेशतुः ॥ ९ ॥ ततः स्ववीर्यमाश्रित्य निहतो रङ्गसागरे ॥ गतासुरिव चासीनो मथुरेशः सहानुगः ॥ १० ॥ किमत्र विहितो दोषो येना-

किन्तु मैं आप लोगोंको स्मरण करानेके लिए एक बात कह रहा हूँ, सुनिए। हे नृपगण ! यदि कृष्ण इस स्वयम्वरमें आ गये हैं तो इसमें आश्चर्यकी क्या बात है ? ॥५॥ जैसे हमलोग यहाँ आये हैं, उसी प्रकार वे भी आ गये हैं। अतएव एक कन्याके लिए उनके और हमारे आगमनमें मैं तो कोई भी गुण-दोष नहीं देखता ॥ ६ ॥ और फिर हम लोगोंने सामूहिकरूपसे एकत्र होकर जो गोमन्त पर्वतपर घेरा डाला था, उसे भी आपलोग दोषके रूपमें क्यों गिन रहे हैं ? ॥ ७ ॥ कृष्ण और बलराम दोनों भाई कंसको भ्रममें डालनेके लिए ही वृन्दावनमें रहा करते थे। बादमें देवर्षि नारदकी बातपर कंसने उनका विनाश करनेके लिए उन दोनोंको वृन्दावनसे मथुरा बुलवाया था। तदनुसार कृष्ण-बलराम वहाँ गये और कुवलयापीड हाथीका वध करके अत्यधिक रोषके साथ सभाभवनमें पहुँचे ॥ ८ ॥ ९ ॥ उस समय मथुरापति कंस असावधान बैठे थे। अतएव कृष्णने उन्हें और उनके अनुचरोंको मार डाला ॥ १० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हमारी अवस्था अधिक है। उन्होंने जैसे मेरे साथ युद्ध किया, उसी प्रकार हम लोगोंने भी उनका सामना किया। ऐसा करनेमें हमारा कोई दोष नहीं है ॥ ११ ॥ उसके बाद जब हम लोगोंके कारण दोनों भाई मथुरामें गये और अपनी अपेक्षा हमारा पक्ष प्रबल देखा तो वे अपनी मथुरापुरी त्यागकर गोमन्तपर्वतपर भाग गये ॥ १२ ॥ तब हमलोग भी उनके साथ युद्ध करनेके लिए पीछा करते हुए उस पर्वतपर जा पहुँचे। किन्तु हमलोग उन बालकोंपर किसी भी तरह विजय नहीं प्राप्त कर सके। पहले हम रथ, अश्व, पैदल तथा गजसेना लेकर अग्रसर हुए, किन्तु उन्होंने हमारा सामना नहीं किया। तब उनका ही दोष देखकर क्षत्रियधर्मके अनुसार हमने उस गोमन्त पर्वतकी चारों ओर आग लगवा दी। यदि उस दवाग्निमें वे दोनों दुर्विनीत तपस्वी जलकर मर गये होते तो हमारे कामका उपयुक्त परिणाम निकला होता ।।१३–१५।। किन्तु जब वैसा नहीं हुआ, तब हमने युद्ध करके कृष्णको रुष्ट कर दिया। उसी रोषके कारण अब वे तथा हम लोग जहाँ-कहीं भी जायँगे, वहाँ युद्ध उपस्थित होगा ॥ १६ ॥ अतएव इस समय कृष्णके साथ मैत्री कर लेना ही हमारा मुख्य कर्तव्य हो गया है।

स्माभिर्वयोऽधिकैः ॥ उपरोधपरा राजन्वयं सर्वे समागताः ॥ ११ ॥ सेनातिबलमालोक्य वित्रस्तौ रामकेशवौ ॥ परं बलं समुत्सृज्य गोमन्ते च गतावुभौ ॥ १२ ॥ तत्रापि गतमस्माभिर्हन्तुं समरयोधिभिः ॥ अप्राप्तयौवनाभ्यां च पदातिभ्यां रणाजिरे ॥ १३ ॥ रथाश्वनरनागेन नास्माभिर्विग्रहः कृतः ॥ कृत्वोपरोधं शैलस्य क्षत्रधर्मेण दीपितः ॥ १४ ॥ दावाग्निमुखमाविश्य दुर्विनीतौ तपस्विनौ ॥ विनीत इति मन्यामः सर्वे क्षत्रियपुङ्गवाः ॥ १५ ॥ प्रतियुद्धे कृते त्वेवं दृष्याम जनार्दनम् ॥ यत्र यत्र प्रयास्यामो वयं तत्र भवेत्कलिः ॥ १६ ॥ प्रीत्यर्थं प्रयतिष्यामः कृष्णेन सह भूमिपाः ॥ इदं कुण्डिपुरं कृष्णो नागतः कलिहेतुना ॥ कन्यानिमित्तागमने कस्य युद्धं प्रयच्छति ॥ १७ ॥ मर्त्येऽस्मिन्पुरुषेन्द्रोऽसौ न कश्चित्प्राकृतो नरः ॥ देवलोकेषु देवेषु प्रवरः पुरुषोत्तमः ॥ १८ ॥ देवानामपि कर्त्ताऽसौ लोकानां च विशेषतः ॥ न चैव बालिशा बुद्धिर्न चेर्ष्या नापि मत्सरः ॥ १९ ॥ न स्तब्धो न कृशो नार्तः प्रणतार्तिहरः सदा ॥ एष विष्णुः प्रभुर्देवो देवानामपि दैवतम् ॥ २० ॥ आगतो गरुडेनेह छद्मप्राकाश्यहेतुना ॥ नानास्त्रसहितो याति कृष्णः शत्रुविनाशने ॥ २१ ॥ इमां यात्रां विजानीध्वं प्रीत्यर्थं ह्यागतो हरिः ॥ सहितो यादवेन्द्रैश्च भोजवृष्ण्यन्धकैरिह ॥ २२ ॥ अर्घ्यमाचमनं दत्त्वा आतिथ्यं च नराधिपाः ॥ करिष्याम वयं सर्वे केशवाय महात्मने ॥ २३ ॥ एवं

वे युद्ध करनेके लिए कुण्डिनपुर नहीं आये हैं। कन्यालाभ ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। ऐसी परिस्थितिमें युद्धकी सम्भावना क्यों होगी ? ॥ १७ ॥ इस मृत्युलोकमें वे कोई साधारण मनुष्य नहीं हैं। देवलोकमें भी वे सर्वश्रेष्ठ देवता माने जाते हैं ॥ १८ ॥ वे ही सब देवताओं तथा समस्त लोकोंके स्रष्टा हैं। विशेष करके देवलोकमें मूर्खता, ईर्ष्या अथवा मत्सरता नहीं है ॥ १९ ॥ वहाँ कोई कृश, स्तब्ध तथा आर्त नहीं रहता। विपद्ग्रस्त प्राणियोंको विपत्तिसे उबारना देवलोकका साधारण धर्म है। ये देवताओंके भी देवता सर्वमय प्रभु कृष्ण जो गरुड़के साथ यहाँ आये हुए हैं, इससे स्वयम्वरके बहाने अपना स्वरूप प्रदर्शित करनेके सिवाय उनका और कोई भी उद्देश्य नहीं हैं। शत्रुनाशकी आवश्यकता न होनेपर वे कभी सेनाके साथ युद्धके लिए अग्रसर नहीं होते ॥ २० ॥ २१ ॥ अतएव जब वे यादव, भोज, वृष्णि और अन्धकगणोंके साथ आये हैं तो उनका यह आगमन हमें प्रसन्न करनेके ही विचारसे हुआ होगा ॥२२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अतएव अर्घ्य-आचमनीय प्रदान करके हमें भगवान् कृष्णका आतिथ्यसत्कार करना चाहिए ॥ २३ ॥ उनके साथ इस प्रकार सन्धि हो जानेपर हमलोग अनायास निर्भय, निरुद्वेग और निश्चिन्त होकर जीवनयापन कर सकेंगे ॥ २४ ॥ हे महाराज जनमेजय ! बुद्धिमान् दन्तवक्त्रके वचन सुनकर वक्ताओंमें श्रेष्ठ शाल्व समस्त राजाओंको सम्बोधित करके बोला—॥२५॥ हे भूपालगण ! कृष्णसे डरकर अस्त्र-शस्त्र परित्यागपूर्वक सन्धि करनेकी मैं कोई आवश्यकता नहीं समझता ॥ २६ ॥ क्षत्रियधर्मका अवलम्बन करके अपने बलकी निन्दा और दूसरेके बलकी प्रशंसा करना राजाका कर्तव्य नहीं है ॥ २७ ॥ राजाओंके विख्यात वंशमें जन्म लेकर कायरोंकी तरह दुर्बुद्धिकी बातें करना नितान्त निन्दनीय कर्म है ॥ २८ ॥ मैं जानता हूँ कि कृष्ण आदिदेव, सनातन, सब देवताओंके प्रभु, नारायण, वैकुण्ठ, अजेय, चराचर जगत्के गुरु और त्रिलोकनमस्कृत महापुरुष हैं। मुझे यह भी मालूम है कि कंसके साथ-साथ हमलोगोंका विनाश

संधानतः कृत्वा कृष्णेन सहिता वयम् ॥ वसामो विगतोद्वेगा निर्भया विगतज्वराः ॥ २४ ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा दन्तवक्त्रस्य धीमतः ॥ शाल्वः प्रवदतां श्रेष्ठस्तानुवाच नराधिपान् ॥ २५ ॥ शाल्व उवाच ॥ किं भयेनास्य नः सर्वे न्यस्तशस्त्रा भवामहे ॥ संधानकरणाद्धेतोः कृष्णस्य भयशङ्किताः ॥२६॥ परस्तवेन किं कार्यं विनिन्द्य बलमात्मनः ॥ नैष धर्मो नरेन्द्राणां क्षात्रे धर्मे च तिष्ठताम् ॥ २७ ॥ महत्सु राजवंशेषु संभूताः कुलवर्द्धनाः ॥ तेषां कापुरुषा बुद्धिः कथं भवितुमर्हति ॥ २८ ॥ अहं जानामि वै कृष्णमादिदेवं सनातनम् ॥ प्रभुं सर्वामरेन्द्राणां नारायणपरायणम् ॥ २९ ॥ वैकुण्ठमजयं लोके चराचरगुरुं हरिम् ॥ संभूतं देवकीगर्भे विष्णुं लोकनमस्कृतम् ॥ ३० ॥ कंसराजवधार्थाय भारावतरणाय च ॥ अस्माकं च विनाशाय लोकसंरक्षणाय च ॥ ३१ ॥ अंशावतरणे कृत्स्नं जाने विष्णोर्विचेष्टितम् ॥ संग्राममतुलं कृत्वा विष्णुना सह भूमिपाः ॥ ३२ ॥ चक्रानलविनिर्दग्धा यास्यामो यमसादनम् ॥ तत्त्वं जानामि राजेन्द्राः कालेनायुःक्षयो भवेत् ॥ ३३ ॥ नाकाले म्रियते कश्चित्प्राप्ते काले न जीवति ॥ एवं विनिश्चयं कृत्वा न कुर्यात्कस्यचिद्भयम् ॥ ३४ ॥ स एव भगवान्विष्णुरालोक्य तपसः क्षयम् ॥ निहन्ता दितिजेन्द्राणां यथाकालेन योगवित् ॥ ३५ ॥ बलिं वैरोचनिं चैव बद्ध्वाऽवध्यं महाबलम् ॥ कृतवान्देवदेवेशः पातालतलवासिनम् ॥ ३६ ॥ एवमादीनि वै विष्णोश्चेष्टितानि नराधिपाः ॥ तस्मादयुक्तं भवतां विग्रहार्थं विचारणम् ॥ ३७ ॥ न च संग्रामहेतोर्हि कृष्णस्यागमनं त्विह ॥ यस्य वा कस्य वा कन्या वरयिष्यति

करके पृथिवीका भार हरण करने और लोकरक्षाके लिए ही उन्होंने देवकीके गर्भसे जन्म लिया है ॥ २९–३१ ॥ मैं विष्णुके इस अंशावतारको भली भाँति जानता हूँ। रणभूमिमें उनके साथ भीषण युद्ध करते हुए हम सबको इनके चक्ररूपी अग्निमें जलकर यमराजके घर जाना पड़ेगा। हे नरेशों ! मैं सबसे बड़ी यह तत्त्वकी बात जानता हूँ कि बिना समय पूर्ण हुए कोई मरता नहीं, किन्तु समय पूरा होजानेपर कोई जीवित नहीं रह सकता। इस बातको जानकर भी कौन व्यक्ति भयको स्थान देगा ? कोई नहीं। ऐसा निश्चय करके कोई किसीसे भी न डरे ॥ ३२–३४ ॥ वे ही योगविद् भगवान् नारायण तपस्या क्षीण होती देखकर समय-समय बड़े-बड़े दैत्योंका विनाश करते हैं ॥३५॥ इन्हीं देवाधिदेव भगवानने अवध्य और बलवान् बलिको बाँधकर पाताललोकमें भेज दिया था ॥ ३६ ॥ इनके अन्यान्य कार्य भी इसी प्रकारके होते हैं। अतएव युद्धकी सम्भावना वश आप लोगोंको ऐसा कुत्सित विचार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं करना चाहिए ॥ ३७ ॥ कृष्णभगवान इस समय युद्ध करनेके लिए यहाँ नहीं आये हैं। कन्या गलेमें वरमाला डालकर जिसे वर लेगी, वह उसीकी हो जायगी ॥ ३८ ॥ तब इस विषयमें युद्धकी क्या आवश्यकता? बल्कि ऐसी परिस्थितिमें तो आनन्दका अनुभव करना चाहिए। वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! वे बुद्धिमान् राजे परस्पर इस प्रकार वार्तालाप कर रहे थे। किन्तु अपने पुत्र रुक्मीके कारण महाराज भीष्मकने उन लोगोंकी किसी भी बातका उत्तर नहीं दिया। वे मन ही मन विचार करने लगे कि परशुरामके शस्त्रबलसे सुरक्षित एवं विशेष बलके कारण मदमत्त मेरा पुत्र रुक्मी बड़े उग्रस्वभावका अतिरथी तथा युद्धाभिमानी क्षत्रिय है। युद्धमें वह किसीसे भी नहीं डरता। अतएव भगवान कृष्णके महत्त्वको वह किसी प्रकार नहीं सहन कर सकेगा ॥३९-४१॥ भगवान युद्धमें अपने भुजबलसे मेरी कन्याका हरण करेंगे। उसी बातको लेकर इन राजाओंमें विकराल युद्ध छिड़ जायगा ॥४२॥ युद्ध आरम्भ हो जानेपर मेरा पुत्र जीतेगा नहीं और श्रीकृष्णके हाथसे किसी तरह नहीं बचेगा ॥४३॥ तो क्या मैं एक कन्याके लिए पितरोंको आनन्द देनेवाले अपने

तस्य सा ॥ ३८ ॥ किमत्र विग्रहो राज्ञां प्रीतिर्भवतु वै ध्रुवम् ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं कथयमानानां नृपाणां बुद्धिशालिनाम् ॥ ३९ ॥ न किंचिदब्रवीद्राजा भीष्मकः पुत्रकारणात् ॥ महावीर्यमदोत्सिक्तं भार्गवास्त्राभिरक्षितम् ॥ रणचण्डातिरथं विचिन्त्य मनसा सुतम् ॥ ४० ॥ भीष्मक उवाच ॥ कृष्णं न सहते नित्यं पुत्रो मे बलदर्पितः ॥ नित्याभिमानी च रणे न बिभेति च कस्यचित् ॥ ४१ ॥ कृष्णस्य भुजवीर्येण ह्रियते नात्र संशयः ॥ भविष्यति ततो युद्धं महापुरुषविग्रहम् ॥४२॥ द्वेषी चैवाभिमानी च कुतो जयति मे सुतः ॥ जीवितं नात्र पश्यामि मम पुत्रस्य केशवात् ॥ ४३ ॥ कन्याहेतोः सुतं ज्येष्ठं पितॄणां नन्दिवर्द्धनम् ॥ कारयिष्ये कथं युद्धं पुत्रेण सह केशवम् ॥४४॥ स च नारायणो देवो वर इष्टस्तु रुक्मवान् ॥ मूढभावो मदोन्मत्तः संग्रामेष्वनिवर्तकः ॥ ४५ ॥ नियतं भस्मसाद्याति तूलराशिर्यथाऽनलात् ॥ करवीरेश्वरः शूरः शृगालश्चित्रयोधिना ॥ क्षणेन भस्मसान्नीतः केशवेन बलीयसा ॥४६॥ वृन्दावनेऽवसच्छ्रीमान्केशवो बलिनां वरः ॥ उद्धृत्यैकेन हस्तेन सप्ताहं धृतवान्गिरम् ॥४७॥ दुष्करं कर्म संस्मृत्य मनः सीदति मे भृशम् ॥ नगेन्द्रे सहसागत्य दैवतैः सह वृत्रहा ॥४८॥ अभिषिच्याब्रवीत्कृष्णमुपेन्द्रेति शचीपतिः ॥ यथा वै दमितो नागः कालियो यमुनाह्रदे ॥ ४९ ॥ विषाग्निर्ज्वलितो घोरः कालान्तकसमप्रभः ॥ केशी चापि महावीर्यो दानवो हयविग्रहः ॥ ५० ॥ निहतो वासु-

ज्येष्ठ पुत्रको भगवानके साथ युद्ध करने दूँगा? ॥४४॥ इसमें कोई सन्देह नहीं कि भगवान कृष्ण मेरी कन्याके योग्य वर हैं। किन्तु रुक्मी नितान्त मूढ़, मदमत्त और रणभूमिसे अपराङ्मुख रहनेवाला वीर है ॥ ४५ ॥ सुतरां जैसे रुईकी राशि अग्निका संयोग होते ही भस्म हो जाती है, उसी प्रकार वह भी श्रीकृष्णसे युद्ध करके भस्म हो जायगा। इन्हीं भगवानने करवीरनरेश शृगालको क्षण भरमें भस्म कर डाला था ॥ ४६ ॥ बलवानोंमें श्रेष्ठ श्रीकृष्ण जब वृन्दावनमें रहते थे, तब गोवर्द्धन पर्वतको उठाकर एक सप्ताह तक केवल एक हाथमें लिये रहे ॥ ४७ ॥ उस समय इन्द्र स्वयं देवताओंके साथ वहाँ गये और उन्होंने भगवानका अभिषेक करके 'उपेन्द्र' नाम रक्खा। यमुनाकी दहमें विषरूपी अग्निसे प्रज्वलित एवं साक्षात् कालस्वरूप कालियानागका भी दमन इन्होंने किया था। अश्वरूपधारी केशी बड़ा शक्तिशाली दानव था। देवता भी उससे डरते थे। सो उसे भी इन वासुदेवने ही मारा। गुरु सान्दीपनिका पुत्र बहुत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समय पहले समुद्रमें ही मर गया था। सो पञ्चजन दैत्यको मारकर वह पुत्र यमराजके घरसे लौटा लाये। गोमन्त पर्वतपर हाथी, घोड़े तथा रथसंकुल विशाल सेना एकत्र हुई थी,
किन्तु केवल उन्हीं दोनों भाइयोंने हाथीसे प्रहार करके हाथियों, घोड़ेसे मारकर घोड़ों तथा रथके प्रहारसे रथोंको नष्ट कर डाला और चरणके प्रहारसे पैदल सैनिकोंको समाप्त कर दिया
॥ ४८–५४ ॥ देवता, दैत्य, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, उरग, बड़े-बड़े दैत्य, पिशाच और गुह्यक, इनमेंसे कोई भी कभी इस प्रकार हाथी-घोड़े तथा रथका संहार नहीं कर सका था।
उस युद्धकी भीषणताका स्मरण करके अब भी मेरा हृदय दहल उठता है ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ श्रीकृष्णके सिवाय इस समय मर्त्यलोकमें वैसा शक्तिशाली और कोई भी व्यक्ति है, यह
बात न कभी मैंने सुनी और न देखी ॥ ५७ ॥ महाबाहु दन्तवक्त्रने जो कहा है, वही ठीक है। मैं उन महाबली तथा परम पराक्रमी केशवभगवानको सान्त्वना देकर जो उचित

देवेन देवैरपि दुरासदः ॥ सान्दीपनिसुतश्चैव चिरनष्टो हि सागरे ॥ ५१ ॥ दैत्यं पञ्चजनं हत्वा आनीतो यममन्दिरात् ॥ गोमन्ते सुमहद्युद्धं बहुभि-
र्वेष्टितावुभौ ॥ ५२ ॥ कृत्वा वित्रासजननं नागाश्वरथसंक्षयम् ॥ गजेन गजवृन्दानि रथेन रथयोधिनः ॥ ५३ ॥ सादिनश्चाश्वयोधेन चरणेन पदा-
तिनः ॥ जघ्नतुस्तौ महावीर्यौ वसुदेवसुतावुभौ ॥ ५४ ॥ न देवासुरगन्धर्वा न यक्षोरगराक्षसाः ॥ न नागा न च दैत्येन्द्रा न पिशाचा न गुह्यकाः
॥ ५५ ॥ कृतवन्तस्तथा घोरं गजाश्वरथसंक्षयम् ॥ तमनुस्मृत्य संग्रामं भृशं सीदति मे मनः ॥ ५६ ॥ न मया श्रुतपूर्वो वा दृष्टपूर्वः कुतोऽपि वा ॥
तादृशो भुवि मर्त्योऽन्यो वासुदेवात्सुरोत्तमात् ॥ ५७ ॥ सम्यगाह महाबाहुर्दन्तवक्त्रो महीपतिः ॥ सान्त्वयित्वा महावीर्यं संविधास्याम यत्क्षमम्
॥ ५८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इति संचिन्त्य मनसा बलाबलविनिश्चयम् ॥ गमनाय मतिं चक्रे प्रसादयितुमच्युतम् ॥ ५९ ॥ चिन्तयानो नरेन्द्रस्तु
बहुभिर्नयशालिभिः ॥ सूतमागधबन्दिभ्यो बोधितः स्तुतिमङ्गलैः ॥ ६० ॥ प्रभातायां रजन्यां तु कृतपूर्वाह्णिकाः क्रियाः ॥ उपविष्टा नृपाः सर्वे स्वेषु
विश्रामवेश्मसु ॥ ६१ ॥ ये विसृष्टास्तु राजानो विदर्भायां नराधिपैः ॥ तैरागम्य स्वभूपेषु रहो गत्वा निवेदितम् ॥ ६२ ॥ श्रुत्वा कृष्णाभिषेकं तु
केचिद्धृष्टा नराधिपाः ॥ केचिद्दीनतरा भीता उदासीनास्तथा परे ॥ ६३ ॥ त्रिधा प्रभिन्ना सा सेना नरनागाश्वमालिनी ॥ महार्णव इव क्षुब्धा अभि-

होगा, सो करूँगा ॥ ५८ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! महामति राजा भीष्मकने मन ही मन ऐसा सोचा और बलाबलका विचार करके भगवानको प्रसन्न करनेके लिए उनके
पास जानेका निश्चय किया ॥ ५९ ॥ इस विषयमें उन्होंने कुछ नीतिज्ञोंसे परामर्श भी किया। उसी समय सूत-मागध और वन्दीजनोंका सभाभंगसूचक स्तुतिपाठ होने लगा ॥ ६० ॥
तदनुसार सब राजे अपने-अपने वासस्थानको चले गये। तदनन्तर रात बीतनेपर सवेरा हुआ तो प्रातःकालीन कृत्य समाप्त कर-करके वे अपने-अपने वासस्थानमें बैठे ॥ ६१ ॥ बादमें
उन लोगोंने अपना-अपना दूत राजपुरीमें भेजा। उन दूतोंने लौटकर एकान्तमें राजाओंको पुरीका वृत्तान्त बताया ॥ ६२ ॥ उनके मुखसे भगवान कृष्णके अभिषिक्त होनेका
वृत्तान्त सुनकर कुछ राजे प्रसन्न हुए, कुछ डरे और कुछ उदासीन रह गये ॥ ६३ ॥ इस प्रकार वह नृपसमुदाय और मनुष्य, हाथी तथा घोड़ेसे परिपूर्ण उनकी विशाल वाहिनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तीन भागोंमें विभक्त होकर श्रीकृष्ण भगवानके अभिषेकसमाचारसे क्षुब्ध हो उठी ॥ ६४ ॥ नृपवर भीष्मक उन राजाओंमें मतभेद देख तथा अपनी भूल सोचकर बहुत दुखी हुए और उन्हें शान्त करनेके लिए वहाँ गये ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ उसी समय देवराज इन्द्रके दूत राजा क्रथ और कैशिकको इन्द्रका लिखित पत्र देनेके लिए सिर झुकाकर राजाओंकी समुद्र जैसी राजसभामें प्रविष्ट हुआ ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

(श्रीकृष्णके अभिषेकका वृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर! भगवान कृष्णने देवदुर्जय कंसको मार करके भी स्वयं अभिषिक्त होकर राज्यसिंहासन क्यों नहीं स्वीकार किया? ॥१॥ एक कन्याके लिए राजसभामें जाकर वहाँ भी तिरस्कृत हुए। आखिर उनके इस प्रकार अपमान सहनेका कारण क्या है? ॥२॥ विनतातनय गरुड़ स्वयं बहुत बड़े वीर थे,

षेकेण चालिता ॥ ६४ ॥ नृपाणां भेदमालोच्य भीष्मको राजसत्तमः ॥ व्यतिक्रममचिन्त्यं च कृतं नृपतिना स्वयम् ॥६५॥ विचिन्त्य मनसा राजा दह्यमानेन चेतसा ॥ जगाम नरदेवानां समाजे प्रतिबोधितुम् ॥ ६६॥ एतस्मिन्नन्तरे दूताः संप्राप्ताः क्रथकैशिकौ ॥ लेखमुद्धृत्य शिरसा विविशुस्ते नृपार्णवम् ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीस्वयंवरे पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

जनमेजय उवाच ॥ हत्वा कंसं महावीर्यं देवैरपि दुरासदम् ॥ नाभिषिक्तः स्वयं राज्ये नोपविष्टो नृपासने ॥ १ ॥ कन्यार्थे चागतः कृष्णस्तत्रापि न कृतोऽतिथिः ॥ अमानमतुलं प्राप्य क्षान्तवान्केन हेतुना ॥२॥ विनतायाः सुतश्चापि महाबलपराक्रमः ॥ स चापि क्षमया युक्तः कारणं किमुपेक्षितः ॥ एतदाख्याहि भगवन्परं कौतूहलं हि मे ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ विदर्भनगरीं प्राप्ते वैनतेये सहाच्युते ॥ मनसा चिन्तयामास वासुदेवाय कैशिकः ॥ ४ ॥ दृष्ट्वाऽऽश्चर्यं हि वः सर्वान्राजन्यान्प्रवदाम्यहम् ॥ वसुदेवसुते दृष्टे ध्रुवं पापक्षयो भवेत् ॥ ५ ॥ विशुद्धभावः कृष्णस्य आवयोर्दृष्टतत्त्वतः ॥ अतः पात्रतरः कोऽन्यस्त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥६॥ कृष्णात्कमलपत्राक्षाद्देवदेवाज्जनार्दनात् ॥ तस्यावां किं प्रदास्याव आतिथ्यकरणे नृप ॥ ७॥ पात्रमासाद्य वै राजन् यथा धर्मो न लुप्यते ॥ एवमन्योन्यं संचिन्त्य भ्रातरौ क्रथकैशिकौ ॥८॥ स्वं राज्यं दातुकामौ तु जग्मतुः केशवान्तिकम् ॥ देवमासाद्य तौ वीरौ विदर्भनगराधिपौ ॥ ९ ॥ ऊचतुस्तौ महाभागौ प्रणम्य शिरसा हरिम् ॥ अद्यावां सफलं जन्म अद्यावां

तब उन्होंने भी भगवानके अपमानकी उपेक्षा क्यों की? इन प्रश्नोंका उत्तर सुननेकी मुझे बड़ी उत्सुकता है। आप विस्तृतरूपसे इन बातोंको समझाकर कहिए ॥ ३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! गरुड़के साथ भगवान कृष्ण जब विदर्भनगरमें पहुँचे तो राजा कैशिकने अपने मनमें सोचा कि यदि मैं श्रीकृष्णका अभिषेक देख लूँ तो मेरे सब पाप नष्ट हो जायँगे ॥ ४ ॥ ५ ॥ सारी त्रिलोकीमें कमलनयन देवाधिदेव जनार्दन कृष्णसे बढ़कर अभिषेकके लिए कोई अन्य सत्पात्र भी तो नहीं है। हाँ, तो उनके आतिथ्यके समय हम उन्हें क्या देंगे? ॥ ६ ॥ ७ ॥ क्योंकि सत्पात्रको पा करके भी यदि दान नहीं दिया जाता तो धर्मका लोप हो जाता है। हे महाराज! क्रथ और कैशिक दोनों भाई इस तरह नाना प्रकारकी बातें सोचकर अन्तमें अपना राज्य अर्पण कर देनेका संकल्प करके भगवान कृष्णके पास गये। विदर्भनगरके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे दोनों राजे भगवानके समक्ष पहुँचे तो मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और बोले—भगवन्! यहाँ आज आपके पदार्पण करनेसे हमारा जन्म और यश सफल हो गया। हमारे पितर तृप्त हो गये ॥ ८-१० ॥ हे देव! एक समय इन्द्रने उपेन्द्रपदपर आपका अभिषेक किया था। आज हम अपने राज्यसिंहासनपर आपका अभिषेक करेंगे। अब आप छत्र, चमर, व्यजन, ध्वज, सिंहासन, सेना, भरापूरा कोष, यह नगरी और साथ ही हम लोगोंको भी आप स्वीकार करें ॥ ११ ॥ १२ ॥ हम दोनों भाइयोंने जो संकल्प कर लिया है, उसे अन्यान्य राजे तथा स्वयं जरासन्ध भी नहीं टाल सकता ॥ १३ ॥ महातेजस्वी मगधराज जरासन्ध आपका शत्रु है। अन्यान्य राजाओंको अभय प्रदान करनेवाला जरासन्ध प्रायः कहा करता है कि कृष्ण कभी राज्यसिंहासनपर नहीं बैठे। उनके पास कोई राज्य नहीं है। तब वे क्यों हम राजा लोगोंके बीचमें बैठते हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ वे बहुत बड़े बलवान् और अभिमानी हैं। अतएव वे कदापि कन्याके लिए इस स्वयंवरकी सभामें न आयेंगे ॥१६॥ जब अन्यान्य राजे अपने-अपने उच्च आसनोंपर बैठ जायँगे तो वे महातेजस्वी कृष्ण नीचेके आसनपर कैसे बैठेंगे? ॥१७॥

सफलं यशः ॥ अद्यावां पितरस्तृप्ता देवे चावां गृहागते ॥१०॥ चामरं व्यजनं छत्रं ध्वजं सिंहासनं बलम् ॥ स्फीतकोशा पुरी चेयमावाभ्यां सहिता तव ॥११॥ उपेन्द्रस्त्वं महाबाहो देवेन्द्रेणाभिषिक्तवान् ॥ आवामिह हि राज्ये त्वामभिषिक्तं ददामि ते ॥१२॥ आवयोर्यत्कृतं कार्यं बहुभिः पार्थिवैरपि ॥ न शक्यतेऽन्यथा कर्तुं जरासन्धेन वा स्वयम् ॥ १३ ॥ शत्रुस्ते मागधो राजा जरासन्धो महाद्युतिः ॥ कथां ते ब्रुवते नित्यं नृपाणामभयप्रदः ॥१४॥ सिंहासनमनध्यास्यं पुरं चास्य न विद्यते ॥ कथं राजसमाजेऽस्मिन्नास्यते देवकीसुतः ॥ १५ ॥ कृष्णोऽपि सुमहावीर्यो ह्यभिमानी महाद्युतिः ॥ न चागमिष्यते वाऽस्मिन्कन्यार्थे च स्वयंवरे ॥ १६ ॥ पार्थिवेषूपविष्टेषु स्वेषु सिंहासनेषु वै ॥ कथमास्यति नीचेषु आसनेषु महाद्युतिः ॥ १७ ॥ इति संचिन्त्यमानस्तु श्रुत्वाऽसौ भीष्मको नृपः ॥ आवयोः सह संमन्त्र्य विग्रहोपशमार्थिना ॥१८॥ तव विश्रमहेतोर्हि कारितेदं गृहोत्तमम् ॥ देवाना-मादिदेवोऽसि सर्वलोकनमस्कृतः ॥१९॥ मानुष्ये मर्त्यलोकेऽस्मिन्राजेन्द्रत्वं समाचर ॥ समाजे मनुजेन्द्राणां मा भूदासनसंकटम् ॥२०॥ विदर्भनगरे चैषां राजेन्द्रत्वं विचेष्टय ॥ आस्यतामासने शुभ्रे श्वः प्रभाते महाद्युते ॥ २१ ॥ अधिवास्याद्य चात्मानं विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ यथा गमिष्यन्ति नृपाः करिष्ये देवशासनात् ॥ २२ ॥ एवमुक्त्वा सुरश्रेष्ठं प्रणिपत्य कृताञ्जली ॥ प्रेषयामासतुर्वीरौ रंगमध्ये नृपैर्वृते ॥ २३ ॥ एवं दूतस्य वचनं

जरासन्धके वचन सुनकर बुद्धिमान् महाराज भीष्मकने बहुत तरहसे सोच-विचारकर अन्तमें हमलोगोंसे परामर्श करके झगड़ा शान्त करनेकी इच्छासे आपके विश्रामार्थ यह उत्तम घर तैयार कराया है। आप सर्वलोकनमस्कृत देवताओंके भी देवता हैं ॥ १८ ॥ १९ ॥ अतएव अब आप इस मर्त्यलोकमें राजेन्द्रकी पदवी स्वीकार करें। ऐसा करनेसे आपको राजाओंकी मण्डलीमें आसन प्राप्त करनेमें कोई कठनाई न होगी ॥२०॥ अब आप इस विदर्भनगरमें सब राजाओंपर प्रभुत्व स्थापन करें। हे तेजस्विन्! कल प्रातःकाल आप यहाँके शुभ्र सिंहासनपर बैठेंगे ॥२१॥ आज आप यथाविधि अभिषेकके पूर्वाङ्ग संस्कारको सम्पन्न कर लें। आपके आदेशानुसार जिस प्रकार सब राजे यहाँ आ उपस्थित हों, हम शीघ्र ऐसी व्यवस्था करेंगे ॥२२॥ हे महाराज जनमेजय! बुद्धिमान् क्रथ और कैशिकने हाथ जोड़कर देवश्रेष्ठ कृष्णसे ऐसा कहा और इन्द्रका आज्ञापत्र राजाओंसे भरी राजसभामें भेजा ॥२३॥ वहाँ कैशिकने लिखित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पत्र द्वारा देवदूतके वचन तथा देवराज इन्द्रका आदेश नृपमण्डलीके बाँचकर सुनाया ।।२४।। कैशिकने कहा—हे भूपालवृन्द ! भगवान कृष्ण गरुडके साथ अतिथिरूपसे इस विदर्भनगरीमें आये हुए हैं। यह बात आप लोगोंको मालूम है ।। २५ ।। उपर्युक्त पात्र देखकर मेरे भ्राता क्रथने श्रीकृष्णको अपना राज्य धर्मार्थ दे दिया है ।।२६।। मेरे भ्राताने 'इस सिंहासनपर बैठिए' इतना कहा ही था कि आकाशसे एक अलक्ष्यमूर्ति देवदूतने कहा—राजन् ! तुम जिस आसनपर बैठ चुके हो, उसपर भगवान कृष्णको मत बिठालना। इनके लिए देवराज इन्द्रने सर्वाङ्ग-विभूषित, सिंहकी आकृतिसे सम्पन्न और विश्वकर्मा द्वारा विरचित यह सिंहासन भेजा है ।। २७–२९ ।। चराचरपूज्य भगवान कृष्णको इस आसनपर बैठाकर बहुतेरे राजाओंके समक्ष उन्हें राजेन्द्रपदपर अभिषिक्त करें ।। ३० ।। कन्यालाभकी प्रत्याशामें जो राजे यहाँ आये हुए हैं, उनमेंसे जो कोई राजा श्रीकृष्णके अभिषेकसमारोहमें न सम्मिलित होगा, उसे भगवान कृष्णके

यथोक्तं वज्रपाणिना ।। लिखित्वा सुमहातेजाः कैशिकः प्राह शासनम् ।।२४।। कैशिक उवाच ।। विदितं वो नृपाः सर्वे वैनतेयः सहाच्युतः ।। आगतोऽतिथिरूपेण विदर्भनगरीं हरिः ।। २५ ।। प्राप्तमालोक्य पात्रोऽयमिति संचिन्त्य भूपतिः ।। प्रददौ वासुदेवाय स्वं राज्यं धर्महेतुना ।। २६ ।। इदमासनमास्स्वेति भ्रात्रा मे चोदिते ततः ।। वागुक्ता चाशरीरेण केनापि व्योमचारिणा ।। २७ ।। देवदूत उवाच ।। न युक्तमासनं दातुं त्वयाऽऽसीनं नराधिप ।। इदमस्यासनं दिव्यं सर्वरत्नविभूषितम् ।। २८ ।। जाम्बूनदमयं शुभ्रं रचितं विश्वकर्मणा ।। प्रेषितं देवराजेन सिंहलक्षणलक्षितम् ।। २९ ।। अत्रोपविष्टं देवेशं चराचरनमस्कृतम् ।। अभिषिञ्चन्तु राजेन्द्र बहुभिः पार्थिवैः सह ।। ३० ।। आगताः कुंडिनगरे कन्याहेतोर्नराधिपाः ।। नागमिष्यति यः कश्चित्सोऽस्य वध्यो भविष्यति ।। ३१ ।। इमे चैवाष्ट कलशा निधीनामंशसंभवाः ।। अक्षया राजराजस्य धनेशस्य महात्मनः ।।३२।। दिव्याः काञ्चनरत्नाढ्या दिव्याभरणयोनयः ।। राजेन्द्रस्याभिषेकार्थमागच्छन्ति नृपैर्वृताः ।। ३३ ।। एष शक्रस्य संदेशः कथितो वो नराधिपाः ।। लेखेनाहूय तान्सर्वानभिषिञ्चन्तु केशवम् ।। ३४ ।। कैशिक उवाच ।। इति संचोद्य खस्थोऽसौ देवदूतो गतो दिवम् ।। दत्त्वाऽऽसनं च कृष्णाय बालार्कसदृशप्रभम् ।। ३५ ।। तेनाहं नोदयिष्यामि भवद्भिर्ये समागताः ।। दुर्निवार्यतरं घोरं शक्रस्य स्वयमीरितम् ।। ३६ ।। युष्माभिर्दर्शने युक्तमद्भुतं भुवि दुर्लभम् ।। कलशैरभिषिञ्चन्तं स्वयमेव नभस्तलात् ।। ३७ ।। दृष्ट्वाश्चर्यं हि नः सर्वान् ध्रुवं पापक्षयो भवेत् ।। स्नापनार्थं च कृष्णाय

हाथों मरना पड़ेगा ।। ३१ ।। राजेश्वर महात्मा कुबेरके कांचनमय, निधिसम्भूत तथा दिव्य आभूषणोंके आकारस्वरूप ये आठ कलश अनेकानेक राजाओंसे परिवेष्टित श्रीकृष्णका अभिषेक करनेके लिए आ रहे हैं ।। ३२ ।। ३३ ।। हे राजन् ! इस प्रकार मैंने देवराज इन्द्रका आदेश आप लोगोंको बता दिया। अब आप लोग लिखित पत्र द्वारा राजाओंको बुलवाकर श्रीकृष्ण भगवानका अभिषेककार्य सम्पन्न करिए ।। ३४ ।। कैशिकने कहा—हे भूपालगण ! आकाशस्थित देवदूत ये बातें कह और भगवान कृष्णके लिए यह प्रातःकालीन सूर्यके समान देदीप्यमान स्वर्णसिंहासन देकर स्वर्गको चला गया ।।३५।। सो मैं यही अनुरोध कर रहा हूँ कि जो राजे इस समय यहाँ उपस्थित हैं, वे सब देवाधिदेव कृष्णका अभिषेक करनेके निमित्त एकत्र हो जायँ। क्योंकि देवराज इन्द्रका आदेश अनुल्लंघनीय है ।। ३६ ।। अत्यन्त दुर्लभ एवं नेत्रतृप्तिकर इस अद्भुत कृष्णाभिषेकका अवलोकन करनेसे निश्चय ही हम लोगोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब पाप नष्ट हो जायँगे। इस विषयमें सन्देहको स्थान नहीं है। अब आप सब लोग आ जायँ। आप लोगोंके लिए मैंने कृष्णके साथ सन्धि कर ली है। मैंने भलीभाँति देख लिया है कि कृष्णका स्वभाव बहुत सरल है। वे आप लोगोंके साथ विरोध न करेंगे ॥ ३७–४० ॥ विशेषकर मगधराज जरासन्धके साथ उनका स्थायी वैर हो, सो बात भी मैंने नहीं देखी। अब आप लोग अपने कर्तव्यपर विचार करें ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कैशिकके वचन सुनकर शापके भयसे वे राजे कुछ सोचने लगे। इसी समय उन्होंने देवराज इन्द्रके आदेशानुसार मेघके समान गम्भीर वाणीमें आकाशमण्डलको परिपूरित करते हुए चित्राङ्गदने अलक्षितभावसे कहा—॥ ४२ ॥ ४३ ॥ हे नृपतिवृन्द ! समस्त त्रिलोकीके प्रभु इन्द्रने आप लोगोंके कल्याण एवं प्रजापालनके लिए कहा है कि 'कृष्णके साथ विरोध करते हुए राज्यमें रहना आप लोगोंके लिए उचित नहीं है। आप लोग उनके साथ मैत्री करके बड़े आनन्दके साथ अपने-अपने राज्यमें निवास करिए ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ वे विनम्र व्यक्तियोंका दुःख दूर कर देते हैं, किन्तु जो उनके साथ शत्रुताका भाव रखता है, उसके लिए अग्निस्वरूप हैं। अतएव इनके साथ प्रेमभाव रखते हुए निरुद्विग्न होकर अपने-अपने राज्यमें रहिए ॥ ४६ ॥ राजे मनुष्योंके, देवता राजाओंके, इन्द्र देवताओंके और भगवान कृष्ण इन्द्रके भी देवता हैं ॥४७॥ ये देवदेव विष्णु इस मर्त्यलोकमें मनुष्यरूपसे अवतीर्ण हुए हैं ॥ ४८ ॥ देवता, दानव और मनुष्यकी बात दूर रहो, भगवान् शूलपाणि शिवजी यदि स्वामिकार्तिकेयको साथ लेकर रणभूमिमें उतरें तो वे भी इनको पराजित नहीं कर सकेंगे ॥४९॥ यदि देवराज इन्द्र चाहते तो देवताओंके साथ आकर स्वयं इनका अभिषेक कर सकते थे, किन्तु किसी राजाको राज्यपदपर अभिषिक्त करनेका अधिकार राजाओंको ही प्राप्त है। देवताओंका अधिकार न देखकर ही उन्होंने भगवानका अभिषेक नहीं किया ॥५०॥५१॥ सो अब आपलोग क्रथ-कैशिकके साथ विदर्भनगरीमें

देवदेवाय विष्णवे ॥ ३८ ॥ आगच्छध्वं नृपश्रेष्ठा न भयं कर्तुमर्हथ ॥ आवयोः कृतसंधानो युष्मदर्थे जनार्दनः ॥ ३९ ॥ सर्वेषां मनुजेन्द्राणाम-
भयं कुरुते हरिः ॥ विशुद्धभावः कृष्णस्तु आवयोर्दृष्टतत्त्वतः ॥ ४० ॥ मागधस्य विशेषेण न वैरं हृदि दृश्यते ॥ यदत्र कारणं कार्यं तद्भवद्भि-
र्विचिन्त्यताम् ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं संचिन्तयामासुर्नृपाः शापभयार्दिताः ॥ भूयः शुश्रुवू राजेन्द्राः केशवाय महात्मने ॥ ४२ ॥
मेघगम्भीरनादेन स्वरेणापूरयन्नभः ॥ वागुवाचाशरीरेण देवराजस्य शासनात् ॥ ४३ ॥ चित्राङ्गद उवाच ॥ त्रैलोक्याधिपतिः शक्रः प्रजा-
पालनहेतुना ॥ आज्ञापयति युष्माकं नृपाणां हितकाम्यया ॥ ४४ ॥ न युक्तं वसताऽन्योयं कृष्णेन सह वैरिणा ॥ वसध्वं प्रीतिमु-
त्पाद्य स्वराष्ट्रेषु नृपोत्तमाः ॥ ४५ ॥ प्रणतार्तिहरः कृष्णः प्रतिसेनान्तकोऽनलः ॥ अनेन सह संप्रीत्या मोदध्वं विगतज्वराः ॥ ४६ ॥
मानुषाणां नृपा देवा नृपाणां देवताः सुराः ॥ सुराणां देवता शक्रः शक्रस्यापि जनार्दनः ॥ ४७ ॥ एष विष्णुः प्रभुर्देवो देवानामपि दैवतम् ॥
जातोऽयं मानुषे लोके नररूपेण केशवः ॥ ४८ ॥ अजेयः सर्वलोकेषु देवदानवमानवैः ॥ कार्तिकेयसहायस्य अपि शूलभृतः स्वयम् ॥ ४९ ॥
तस्मै देवाधिदेवाय केशवाय महात्मने ॥ अभिषेक्तुं सुरैः सार्द्धं किमिच्छेयमतः परम् ॥ ५० ॥ न चाधिकारो देवानां राजेन्द्रस्याभिषेचने ॥
तेनाहं नाभिषिञ्चामि सर्वलोकनमस्कृतम् ॥ नृपाणामधिकारोऽयं राजेन्द्रस्य निवेशने ॥ ५१ ॥ गत्वा यूयं विदर्भायां क्रथकैशिकयोः सह ॥ संचि-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाकर यथाविधि कृष्णभगवानका अभिषेक करें ॥ ५२ ॥ कृष्णके साथ मैत्री करनेका यही सुअवसर है, यह सोचकर ही देवेन्द्रने मुझे आप लोगोंमें उत्साह भरनेके लिए यहाँ भेजा है ॥५३॥ भगवान कृष्ण विदर्भनगरमें अभिषिक्त होंगे, यह बात प्रचारित हो चुकी है। क्रथ और कैशिक उनका अभिषेक करनेके लिए तैयार हैं। अतएव आपलोग उनके साथ जायँ और परम प्रसन्नतापूर्वक उनका अभिषेक करके दक्षिणा प्राप्त करें। उसके बाद प्रसन्न मनसे फिर इस स्वयम्वरकी सभामें सम्मिलित हों ॥ ५४ ॥ ५५॥ स्वयम्वरसभा एकदम सूनी न हो जाय, इसलिए आपलोगोंमेंसे महारथी जरासन्ध, शिशुपाल, रुक्मी और सौभपति शाल्व ये चार राजे यहाँ ही रह जायँ ॥५६॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! चित्राङ्गद द्वारा देवराज इन्द्रका आदेश सुनकर वे राजे विदर्भनगर जानेके लिए तैयार हो गये ॥५७॥ बुद्धिमान् राजा जरासन्धने भी इन्द्रके आदेशका अनुमोदन किया। तब महाराज भीष्मक सेनासमेत उन राजाओंके साथ

न्त्य विधिदृष्टेन कुरुध्वं नृपसत्तमाः ॥५२॥ प्रीतिसंधानकालोऽयमिति संचिन्त्य वासवः ॥ बोधनार्थं विसृष्टोऽहं युष्माकं मनुजेश्वराः ॥५३॥ विदर्भनगरे कृष्णः श्रावितोऽस्याधिवासनम् ॥ राजेन्द्रत्वाभिषेकार्थं राजानौ क्रथकैशिकौ ॥ ताभ्यां सह नृपश्रेष्ठाः कृत्वा सुमहदुत्सवम् ॥ ५४ ॥ अभिषेकेण सत्कृत्य प्रतिगृह्यास्य दक्षिणाम् ॥ आगमिष्यथ संहृष्टाः पुनरेव स्वयंवरम् ॥ ५५ ॥ जरासन्धः सुनीथश्च रुक्मी चैव महारथः ॥ शाल्वः सौभपतिश्चैव चत्वारो राजसत्तमाः ॥ रङ्गस्याशून्यहेतोर्हि तिष्ठन्तु इह पार्थिवाः ॥ ५६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमाज्ञां सुरेशस्य श्रुत्वा चित्राङ्गदेरिताम् ॥ गमनाय मतिं चक्रुः सर्व एव नृपोत्तमाः ॥ ५७ ॥ अनुज्ञाता नरेन्द्रेण जरासंधेन धीमता ॥ भीष्मकं पुरतः कृत्वा प्रयाताः स्वबलैर्वृताः ॥५८॥ भीष्मकश्च महाबाहुः स्वबलेन समन्वितः ॥ जगाम पार्थिवैः सार्द्धं दह्यमानेन चेतसा ॥५९॥ यत्र कृष्णो महाबाहुः कैशिकस्य निवेशने ॥ दूरादेव प्रकाशन्ती पताकाध्वजमालिनी ॥ ६० ॥ शुभा देवसभा रम्या स्नानहेतोरिहागता ॥ दिव्यरत्नप्रभाकीर्णा दिव्यध्वजसमाकुला ॥ ६१ ॥ दिव्याम्बरपताकाढ्या दिव्याभरणभूषिता ॥ दिव्यस्रग्दामकलिला दिव्यगन्धाधिवासिता ॥ ६२ ॥ विमानयानैः श्रीमद्भिः समन्तात्परिवारिता ॥ दिव्याप्सरोगणाश्चैव विद्याधरगणास्तथा ॥ ६३ ॥ गन्धर्वा मुनयश्चैव किन्नराश्च समन्ततः ॥ उपगायन्ति देवेशमम्बरान्तरमाश्रिताः ॥ ६४ ॥ स्तुवन्ति मुनयश्चैव सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ देवदुन्दुभयश्चैव स्वयमेवानदन्दिवि ॥ ६५ ॥ पञ्चयोनिसमुत्थानि गन्धचूर्णान्यनेकशः ॥ समन्तात्पात्यमा-

नितान्त उद्विग्न मनसे कैशिकके भवनकी ओर चले ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ दूरसे ही उन्होंने देखा कि रमणीक देवसभा कृष्णका अभिषेक करनेके लिए वहाँ आकर उपस्थित हो गयी है। सभाके चारों ओर दिव्य ध्वजा-पताका फहरा रही है। दिव्य रत्नोंकी प्रभासे सारी सभा उद्दीप्त हो उठी है ॥६०॥६१॥ बीच-बीचमें सुन्दर पताकाओं, आभूषणों और मनोहर मालाओंकी लड़ियाँ लटकी हुई हैं। आनन्ददायक दिव्य सुगन्धिसे सारी सभा आमोदित हो रही है ॥ ६२ ॥ उसके सब ओर विमान मँडरा रहे हैं। जगह-जगह अप्सरायें नाच रही हैं। गन्धर्व और किन्नर गायन गा रहे हैं। मुनि, सिद्ध और परमर्षिगण आकाशसे श्रीकृष्ण भगवानकी स्तुति कर रहे हैं। स्वर्गकी देवदुन्दुभियाँ अपने आप बज रही हैं ॥ ६३–६५ ॥ व्योमचारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवता आकाशसे पाँच पदार्थोंके गन्धचूर्ण (सुगन्धित अबीर) फेंक रहे हैं। शचीपति इन्द्र स्वयं देवताओंके साथ विमानपर बैठे वहाँका सब कार्यकलाप देख रहे हैं ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ अष्टलोकपालगण अपनी-अपनी दिशाओंमें विराजमान हो-होकर कभी नाचते, कभी गाते और कभी स्तुतिपाठ कर रहे हैं ॥ ६८ ॥ तदनन्तर वह घनघोर कलरव सुनकर विस्मयसे विकसित नयनोंवाले वे राजे सभामें प्रविष्ट हुए ॥ ६९ ॥ तब महाराज कैशिकने उनका स्वागत किया और विधिवत् अभ्यर्थना करके उन्हें सभामें ले आये ॥ ७० ॥ सब राजाओंके आगमनका समाचार सुनकर विविध मंगलपूर्ण भगवान श्रीकृष्ण अपने आवाससे बाहर निकले ॥ ७१ ॥ जिस प्रकार मेघसे जलकी धारा गिरती है, उसी प्रकार आकाशस्थित तथा जिनपर वस्त्र लिपटे हुए थे, उन कलशोंसे भगवानके मस्तकपर जलधारा गिरने लगी ॥ ७२ ॥ महाराज कैशिकने सुवर्ण, रत्न, गन्ध, पुष्प और चूर्णद्रव्यमिश्रित जलसे उनका अभिषेक किया ॥ ७३ ॥ इस

नानि चाकाशस्थैर्दिवौकसैः ॥६६॥ स्वयमागत्य देवेन्द्रो देवैः सह शचीपतिः ॥ विमानवरमारुह्य सप्रकाशः स्थितोऽम्बरे ॥६७॥ अष्टौ ये लोकपालास्ते स्वासु दिक्षु समास्थिताः ॥ उपगायन्ति नृत्यन्ति स्तुवन्ति च समन्ततः ॥ ६८ ॥ श्रुत्वा सुतुमुलं नादं सर्व एव नराधिपाः ॥ विस्मयोत्फुल्लनयना विविशुस्ते सभां शुभाम् ॥ ६९ ॥ कैशिकश्च महाबाहुरुपगम्य नराधिपान् ॥ प्रवेशयामास बली प्रतिपूज्य यथाविधि ॥ ७० ॥ निवेदिते सुरश्रेष्ठे पार्थिवानां समागमे ॥ निर्जगाम हरिः श्रीमान्सर्वमङ्गलपूजितः ॥७१॥ ततोऽम्बरस्थास्ते दिव्याः कलशाश्चैलकण्ठिनः ॥ सहकारसमायुक्ता ववर्षुर्जलदा इव ॥ ७२ ॥ दिव्यकाञ्चनरत्नौघैर्दिव्यपुष्पसमन्वितैः ॥ गन्धचूर्णविमिश्रैश्च राजेन्द्रस्याभिषेचनं ॥ ७३ ॥ यथोक्तविधिपूर्वेण अभिषिच्य जनार्दनम् ॥ दर्शयित्वा नरेन्द्राणां दिव्यैराबरणैः शुभैः ॥ ७४ ॥ दिव्याम्बरविचित्रैश्च दिव्यगन्धानुलेपनैः ॥ सत्कृत्य विधिवद्राज्ञ उपविष्टो जनार्दनः ॥ ७५ ॥ शुभे देवसभे रम्ये स्नानहेतोरिहागते ॥ उपास्यमानो यदुभिर्विदर्भैश्च नराधिपैः ॥ ७६ ॥ वैनतेयश्च बलवान्कामरूपी नराकृतिः ॥ दक्षिणं पार्श्वमाश्रित्य आसनस्थो महाबलः ॥ ७७ ॥ क्रथकैशिकौ च वीरौ वामपार्श्वे तथासने ॥ उपविष्टौ महात्मानौ देवस्यानुमते नृपौ ॥ ७८ ॥ तथैव वामपार्श्वे तु वृष्ण्यन्धकमहारथाः ॥ सात्यकिप्रमुखा वीरा उपविष्टा महाबलाः ॥ ७९ ॥ भास्करप्रतिमे दिव्ये दिव्यास्तरणविस्तृते ॥ सुखोपविष्टं श्रीमन्तं देवैरिव शचीपतिम् ॥८०॥ सचिवैः श्राविताः सर्वे प्रविष्टास्ते नराधिपाः ॥ यथार्हेण च संपूज्य राजानः सर्व एव ते ॥८१॥ सुस्नो-

प्रकार भगवान कृष्ण दिव्य आभूषण, दिव्य वस्त्र और गन्धानुलेपनसे विभूषित होकर राजसभामें आये और अपने आसनपर विराजमान हुए ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ भगवानका अभिषेक करनेके लिए वहाँ दोनों देवसभायें आ गयी थीं। यादव तथा विदर्भदेशके राजे उनकी उपासना करने लगे ॥ ७६ ॥ स्वेच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ बलवान् वैनतेय (गरुड़) मानवरूप धारण करके भगवानकी दाहिनी ओर बैठे ॥ ७७ ॥ क्रथ, कैशिक, सात्यकि आदि महारथी तथा अन्धकगण उनकी बायीं ओर विराजमान हुए ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ इस प्रकार भगवान कृष्ण जब सूर्यके समान तेजस्वी तथा बिछौने बिछे सिंहासनपर बैठे तो देवेन्द्र सदृश प्रभावशाली राजे उन्हें चारों ओरसे घेरकर यथोचित सम्मानपूर्वक अपने-अपने आसनोंपर बैठे। तब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वशास्त्रार्थ-पारदर्शी वाग्मिवर कैशिकने श्रीकृष्णको सम्बोधित करके कहा—हे देव ! आपकी महिमाको न जानते हुए ये राजे साधारण मनुष्य समझकर आपके अपराधी हो चुके हैं। सो आप इनके अपराध क्षमा कर दीजिए। श्रीकृष्णभगवानने कहा—हे कैशिक ! एक दिनके लिए भी मेरे मनमें किसीके प्रति द्वेषबुद्धि नहीं जागृत होती ॥ ८०–८४ ॥ क्षत्रियधर्मावलम्बी राजाओंका युद्ध ही परम धर्म है। तब मैं उनपर क्रुद्ध क्यों हूँगा ? जो हो गया, उसकी तो अब कोई बात नहीं है। जिन लोगोंने शरीर त्यागा, वे स्वर्गलोक चले गये हैं ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ विशेष करके जन्म और मरण मानवमात्रका धर्म है। एक मरता है और दूसरा जन्म लेता है। अतएव बीती बातोंपर विचार करनेकी कोई आवश्यकता नहीं है। अब आप लोग क्षमा प्रदर्शन करते हुए वैरभावका परित्याग कर दीजिए ॥ ८७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—भगवान श्रीकृष्ण ऐसा कह और उन्हें आश्वासन देकर कैशिकका मुख देखते हुए चुप

पविष्टास्ते स्वेषु आसनेषु नराधिपाः ॥ कैशिकस्तु महाप्राज्ञः सर्वशास्त्रार्थवित्तमः ॥ ८२ ॥ पूजयित्वा यथान्यायमुवाच वदतां वरः ॥ कैशिक उवाच ॥ अविज्ञाता नृपाः सर्वे मानुषोऽयमिति प्रभो ॥ ८३ ॥ भवन्तमुपरुद्धानां देव त्वं क्षन्तुमर्हसि ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ न मे वैरं प्रवसति एकाहमपि कैशिक ॥ ८४ ॥ विशेषेण नरेन्द्राणां क्षात्रधर्मे व्यवस्थिते ॥ योद्धव्यमिति धर्मेण अधर्मे तु पराङ्मुखे ॥ ८५ ॥ तेषां किं हेतुना कोपः कर्तव्यस्त्ववनीश्वराः ॥ यद्वृत्तं तदतिक्रान्तं ये मृतास्ते दिवं गताः ॥ ८६ ॥ एष धर्मो नृलोकेऽस्मिञ्जायन्ते च म्रियन्ति च ॥ तस्मादशोच्यं भवतां मृतार्थे च नराधिपाः ॥ क्षन्तव्यं रोचतेऽस्माकं वीतवैरा भवन्तु ते ॥ ८७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा नरेन्द्रांस्तानाश्वास्य मधुसूदनः ॥ कैशिकस्य मुखं वीक्ष्य विरराम महाद्युतिः ॥८८॥ एतस्मिन्नेव काले तु भीष्मको नयकोविदः ॥ पूजयित्वा यथान्यायमुवाच वदतां वरः ॥ ८९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीस्वयंवरे एकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५१ ॥

भीष्मक उवाच ॥ पुत्रो मे बालभावेन भगिनीं दातुमिच्छति ॥ स्वयंवरे नरेन्द्राणां न चाहं दातुमुत्सहे ॥ १ ॥ अतीव बालभावत्वाद्दातुमिच्छेन्मतिर्मम ॥ एकमेका समालोक्य वरयिष्यति मे मतिः ॥ २ ॥ अतः प्रसादयिष्ये त्वां पुत्रदुर्नयहेतुना ॥ प्रसादं कुरु देवेश क्षन्तुमर्हसि मे प्रभो ॥ ३ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ बालभावेन पुत्रस्ते चालितं नृपमण्डलम् ॥ यदा भवति वै प्रौढः कीदृशोऽविनयो भवेत् ॥ ४ ॥ सूर्येन्दुसदृशाँ-

हो गये ॥८८॥ इसी समय नीतिनिपुण महाराज भीष्मकने भलीभाँति पूजन करके कहा ॥८९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायामेकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५१॥

(भगवानका मथुराको प्रस्थान) भीष्मक बोले—हे देव ! मेरा पुत्र रुक्मी बालसुलभ चपलतावश स्वयम्वरकी प्रथाके अनुसार अपनी बहिन रुक्मिणीका विवाह करना चाहता है। किन्तु मैं ऐसा नहीं करना चाहता ॥ १ ॥ मेरी इच्छा तो यह है कि किसी सुपात्र व्यक्तिको खोजकर वह उसीके गलेमें वरमाला डाल दे। किन्तु मेरे पुत्रमें अत्यधिक बचपना है। इसी कारण मेरी सम्मतिके अनुसार कार्य करनेके लिए वह तैयार नहीं होता ॥ २ ॥ आपसे मेरी यही प्रार्थना है कि आप प्रसन्न हो जायँ और मेरे पुत्रके औद्धत्यरूपी अपराधको क्षमा कर दें ॥३॥ श्रीकृष्णभगवान बोले—हे राजन् ! अभी बाल्यभावमें तो वह आपका और सब राजाओंका इस प्रकार नेतृत्व कर रहा है, किन्तु जब वह प्रौढ़ होगा तब नजाने क्या अनर्थ करेगा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥४॥ पूर्वकालमें भगवान स्वयम्भू ब्रह्माजीने लोकधर्मका निर्देश करते समय कहा था और मैं जानता हूँ कि जो व्यक्ति सूर्य-चन्द्रमाके सदृश प्रतापी, अपनी तपस्यासे श्री प्राप्त करनेवाले तथा उच्च कुलमें उत्पन्न राजाओंमेंसे यदि किसी एक राजाके भी समक्ष मिथ्या भाषण करता है तो उसे दण्डरूपी अग्निमें भस्म हो जाना पड़ता है ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥ ऐसी दशामें आपका पुत्र उतने बड़े राजसमाजमें खड़ा होकर मिथ्या वाक्य क्यों बोलेगा ? ॥८॥ आपके पुत्रने इतनी बड़ी रंगशाला बनवा डाली और आपको पता ही नहीं। यह सुनकर बड़ा संशय होता है ॥ ९ ॥ सूर्य और चन्द्रमाके समान प्रतापी राजे आये और आपने यथायोग्य पूजन करके उनका आतिथ्यसत्कार किया ॥ १० ॥ रथों, घोड़ों, हाथियों और मनुष्योंसे राजधानी भर गयी, फिर भी आपको कुछ नहीं मालूम हुआ—यह कैसे सम्भव हो सकता है ? ॥११॥१२॥ यहाँ मेरा आगमन आपको पसन्द नहीं था। अपात्र समझकर मेरा आतिथ्यसत्कार भी नहीं

श्लोकांस्तपसोपार्जितश्रियः ॥ लोकेऽस्मिन्नरदेवानां महाकुलसमुद्भवान् ॥ ५ ॥ एकस्यापि नृपस्याग्रे मोहाद्यो वितथं वदेत् ॥ न स तिष्ठति लोकेऽ-
स्मिन्निर्दहेद्दण्डवह्निना ॥ ६ ॥ एष धर्मो नरेन्द्राणामिति ते विदितं प्रभो ॥ लोकधर्मं पुरस्कृत्य पुरा गीतं स्वयंभुवा ॥ ७ ॥ कथं तव सुतस्तेषाम-
ग्रतो मनुजेश्वर ॥ वक्तुमर्हसि राजेन्द्र वितथं राजसंसदि ॥ ८ ॥ तादृशं रङ्गमतुलं कारयंस्तनयस्तव ॥ कथं त्वया ह्यविज्ञात इति मे संशयो महान्
॥ ९ ॥ आगतानां नरेन्द्राणामनलार्केन्दुवर्चसाम् ॥ यथार्हेण तु संपूज्य आतिथ्यं कृतवानसि ॥ १० ॥ रथाश्वनरनागानां विमर्दमतुलं तथा ॥
कथं न ज्ञातवान्राजंस्तव पुत्रस्य चेष्टितम् ॥ ११ ॥ विषादो न भवेदत्र तव रङ्गबलागमे ॥ कथं न ज्ञायते राजन्निति मे बुद्धिसंशयः ॥ १२ ॥
ममागमनमेवेह प्रायेण न हितं तव ॥ अतो न कृतमातिथ्यमपात्राय नरेश्वर ॥ १३ ॥ पात्रेभ्यो दीयतां कन्या मामपास्य नरेश्वर ॥ ममागमन-
दोषेण कथं कन्यां न दास्यसे ॥ १४ ॥ कन्याविघ्नं च कुर्वाणो नरके परिपच्यते ॥ इति धर्मविदैर्गीतं मन्वादिभिर्नरोत्तमैः ॥ १५ ॥ अतोऽर्थं न
प्रविष्टोऽहं रङ्गमध्ये विशांपते ॥ विदित्वा न कृतातिथ्यं नरदेव तवालयम् ॥ १६ ॥ ह्रियाऽभिभूतो राजेन्द्र पार्थिवोऽहं नराधिप ॥ विदर्भनगरे
राजन्बलविश्रामहेतुना ॥ १७ ॥ आवाभ्यां कृतमातिथ्यं कैशिकस्तु प्रियातिथिः ॥ उषितौ च यथा स्वर्गे पुरा गरुडकेशवौ ॥ १८ ॥ वैशम्पायन
उवाच ॥ एवमेवं ब्रुवाणं तं कृष्णं वाग्वज्रचोदितम् ॥ श्लक्ष्णवाचाम्बुनाऽऽसिच्य शमितोऽग्निरिव ज्वलन् ॥ १९ ॥ भीष्मक उवाच ॥ प्रसीद देव

किया गया ॥ १३ ॥ हे महाराज ! आप अपनी कन्या यहाँ आये अतिथियोंमेंसे किसी सत्पात्रको दे दीजिए, मुझ जैसे अपात्रको देकर क्या करेंगे ? मैं यहाँ आया हुआ हूँ, इससे आपके कन्यादानमें क्या बाधा है ? ॥ १४ ॥ मनु आदि धर्मशास्त्रके प्रणेताओंने कहा है कि जो व्यक्ति कन्याके विवाहकार्यमें विघ्न डालता है, वह नरकगामी होता है ॥ १५ ॥ इस कारण राजसभामें मेरा आतिथ्य नहीं किया गया, इसीलिए मैं आपकी रङ्गशालामें या घरपर नहीं गया ॥ १६ ॥ बल्कि इस अपमानसे लज्जित होकर अपनी सेना सहित विश्राम करनेके लिए यहाँ विदर्भनगरमें चला आया हूँ ॥ १७ ॥ यहाँ अतिथिप्रिय कैशिकने हमारा और गरुड़का आतिथ्य किया है और हम यहाँ स्वर्गतुल्य सुखका अनुभव करते हुए बड़े आनन्दके साथ रह रहे हैं ॥ १८ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज ! महात्मा भीष्मक भगवान श्रीकृष्णके वज्रतुल्य वाक्य सुनकर अतिशय मधुर वचनरूपी जलसिंचन द्वारा उनकी कोपाग्निको शान्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेके लिए कहा—हे देवलोकेश ! हे मर्त्यलोकके स्वामी ! मुझपर सदय होकर मेरा अपराध क्षमा कर दीजिए । मैं अज्ञान-अन्धकारसे आच्छन्न हूँ । मुझे आप ज्ञानरूपी नेत्र प्रदान करिए ॥ १९ ॥ २० ॥ इस मनुष्यलोकमें चर्मचक्षुसे दिखायी पड़नेवाले सभी विषयोंको मैं नहीं जान सकता । अतएव हे देवाधिदेव ! मैं इस समय आपके शरणागत हूँ । अब ऐसा कुछ करिए कि जिससे मेरे ज्ञानचक्षु खुल जायँ और मेरे कार्य सम्पन्न हों ॥ २१ ॥ २२ ॥ प्रारम्भ किया हुआ काम पूरा न होनेपर भी विद्वान् व्यक्ति स्वामिकार्तिकेयके समान उसे पूर्ण और फलप्रद बना लेते हैं ॥ २३ ॥ आपकी शरणमें आ जानेसे मुझे कोई भय नहीं सताता । अब मैंने जो करनेकी बात सोची है, सो सुनिए ॥ २४ ॥ मैं स्वयम्वरसभामें सब राजाओंके समक्ष अपनी कन्याका विवाह नहीं करना चाहता । अतएव आप मुझपर प्रसन्न होकर कोपका परित्याग कर दीजिए ॥ २५ ॥ श्रीकृष्ण बोले—राजन् ! अधिक बात करनेसे क्या लाभ ? आप अपनी

लोकेश पाहि मां लोकशासन ॥ अज्ञानतमसाविष्टं ज्ञानचक्षुःप्रदो भव ॥ २० ॥ मानुष्ये मांसचक्षुष्ट्वादसम्यग्विदिता वयम् ॥ न प्रसिद्ध्यन्ति कर्माणि क्रियतामविचारणात् ॥ २१ ॥ भवन्तं शरणं प्राप्य देवानामपि दैवतम् ॥ सम्यग्भवतु मे दृष्टिः संपश्यन्तु च मे क्रियाः ॥ २२ ॥ अनिष्पन्नामपि क्रियां नयोपेतां विचक्षणाः ॥ फलदां हि प्रकुर्वन्ति महासेनापतिर्यथा ॥ २३ ॥ भवन्तं शरणं प्राप्य नातिबाधति मे भयम् ॥ यन्मया चिन्तितं कार्यं तद्भवाञ्छ्रोतुमर्हति ॥ २४ ॥ न दातुमिच्छेत्कन्यां वै पार्थिवेभ्यः स्वयंवरे ॥ प्रसादं कुरु देवेश न कोपं कर्तुमर्हसि ॥ २५ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ वचनेन किमुक्तेन त्वया राजन्महामते ॥ स्वकन्यां दास्यसे नेति कोऽत्र नेता तवानघ ॥ २६ ॥ मा देहीति न चाख्येयं ददस्वेति न मे वचः ॥ रुक्मिण्या दिव्यमूर्तित्वं सम्बन्धकारणं मम ॥ २७ ॥ मेरुकूटे पुरा देवैः कृतमंशावतारणम् ॥ तदा निसृष्टा सा पूर्वं गच्छ त्वं पतिना सह ॥ २८ ॥ मानुष्ये कुण्डिनगरे भीष्मकस्याङ्गनोदरे ॥ जायस्व विपुलश्रोणि प्रत्यवेक्ष्य च वासवम् ॥ २९ ॥ तेनाहं वः प्रवक्ष्यामि राजन्नकृतकं वचः ॥ श्रुत्वा स्वयं विनिश्चित्य यद्युक्तं तत्करिष्यति ॥ ३० ॥ रुक्मिणी नाम ते कन्या न सा प्राकृतमानुषी ॥ श्रीरेषा ब्रह्मवाक्येन जाता केनापि हेतुना ॥ ३१ ॥ न च सा मनुजेन्द्राणां स्वयंवरविधिक्षमा ॥ एका त्वेकाय दातव्या इति धर्मो व्यवस्थितः ॥ ३२ ॥ न च

कन्या मुझे दें या न दें । मैं यह जानता हूँ कि आपका नेता कौन है ? ॥२६॥ आप मुझे कन्या दीजिए अथवा न दीजिए, मैं यह कुछ नहीं कहना चाहता, किन्तु रुक्मिणीकी दिव्यमूर्ति ही मेरे सम्बन्धका कारण है ॥ २७ ॥ पूर्वकालमें हेमकूट पर्वतपर अंशावतारकी कल्पनाके समय देवताओंने उनसे कहा था—हे लक्ष्मी ! आप अपने पतिके साथ मर्त्यलोकमें जाइए ॥२८॥ इस योजनाके अनुसार आप कुण्डिननगरमें जाकर महाराज भीष्मककी राजरानीके गर्भसे जन्म लें और वहाँ ही रहकर भगवानके आगमनकी प्रतीक्षा करें ॥ २९ ॥ इसी निमित्त मैंने आपको निष्कपटभावसे सब बातें बता दीं । अब आपको जो उचित जँचे, सो करिए ॥३०॥ आपकी कन्या रुक्मिणी साधारण मानवी कन्या नहीं है । वे साक्षात् लक्ष्मीजी हैं । ब्रह्माजीके वचनानुसार वे किसी कारणवश भूलोकमें अवतरी हैं ॥३१॥ वे राजाओंकी स्वयम्वरसभामें ब्याही जाने योग्य नहीं हैं । वे तो किसी सुपात्रको सौंप देने योग्य हैं । यही धार्मिक विधान भी है ॥३२॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे महाराज ! आप उन्हें स्वयम्वरसभामें न भेजकर उनके अनुरूप कोई वर खोजें और यथाविधि धार्मिक रीतिसे उसके साथ विवाह कर दें ॥ ३३ ॥ इसी कारण देवराज इन्द्रके द्वारा प्रेरित गरुड़ इस स्वयम्वरसभामें विघ्न उत्पन्न करनेके लिए आये हुए हैं ॥ ३४ ॥ मैं भी यहाँ एकत्रित राजाओंका महोत्सव तथा पद्मासनविहीना लक्ष्मीस्वरूपा आपकी कन्याको देखने आया हूँ ॥ ३५ ॥ आपने मेरे समक्ष क्षमाका जो प्रस्ताव रखा है, वह युक्तिसंगत है। उससे किसी हानिकी सम्भावना नहीं है ॥ ३६ ॥ क्योंकि मैं जब सौम्यवेशसे आपकी अधिकृत भूमिमें आया, तभी क्षमा कर दिया ॥ ३७ ॥ अपराधी व्यक्तिका दोष दूर करके उसके गुण गाने लगना ही क्षमा है। आप एक उच्च वंशमें उत्पन्न, धर्मज्ञ और सत्यवादी हैं। अतएव किसी प्रकारका कलुष क्षणभर भी आपके हृदयमें स्थान नहीं पा सकता ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ जब मैं अपनी सेनाके साथ यहाँ आया, तभी आपको क्षमा कर दिया। क्योंकि मैं शत्रु-

तां शक्यसे राजँल्लक्ष्मीं दातुं स्वयंवरे ॥ सदृशं वरमालोक्य दातुर्हसि धर्मतः ॥ ३३ ॥ अतोऽर्थं वैनतेयोऽयं विघ्नकारणहेतुना ॥ आगतः कुण्डिननगरे देवराजेन चोदितः ॥ ३४ ॥ अहं चैवागतो राज्ञां द्रष्टुकामो महोत्सवम् ॥ तां च कन्यां वरारोहां पद्मेन रहितां श्रियम् ॥ ३५ ॥ क्षन्तव्यमिति यत्प्रोक्तं त्वया राजन्ममाग्रतः ॥ युक्तिपूर्वमहं मन्ये कलुषाय न पार्थिव ॥ ३६ ॥ पूर्वमेव मयाख्यातं येनास्मि विषये तव ॥ आगतः सौम्यरूपेण तेनैवं क्षान्तवान्विभो ॥ ३७ ॥ क्षान्तेषु गुणबाहुल्यं दोषापहरणं क्षमा ॥ कथमस्मद्विधे राजन्कलुषो वसते हृदि ॥ ३८ ॥ कुलजे सत्त्वसंपन्ने धर्मज्ञे सत्यवादिनि ॥ भवादृशे कथं राजन्कलुषो भुवि वर्तते ॥ ३९ ॥ क्षान्तोऽयमिति मन्तव्यं मम सेनासहागतम् ॥ न चाहं सेनया सार्द्धं यास्यामि रिपुवाहिनीम् ॥ ४० ॥ अक्षान्तश्चारिसेनायां यास्यामि द्विजवाहने ॥ स्थितः सोमार्कसंकाशान्यायुधानि करैर्वहन् ॥ ४१ ॥ मान्योऽस्माकं त्वया राजन्वयसा च पितासमः ॥ पालयस्व पुरीं सम्यक्क्षत्रेषु पितृवद्वस ॥ ४२ ॥ कलुषो नाम राजेन्द्र वसेत्कापुरुषेषु वै ॥ शूरेषु शुद्धभावेषु कलुषो वसते कथम् ॥ ४३ ॥ जानीध्वमेषा मे वृत्तिः पुत्रेषु पितृवद्वयम् ॥ इमावपि च राजानौ विदर्भनगराधिपौ ॥ ४४ ॥ आतिथ्यकरणेऽस्माकं स्वराज्यं ददतावुभौ ॥ तेन दानफलेनास्य दश पूर्वा दिवं गताः ॥४५॥ भविष्याश्चैव राजानः पुत्रपौत्रा दशावराः ॥ तेऽपि तत्रैव यास्यन्ति

समाजमें कभी सेनाके साथ नहीं जाता ॥ ४० ॥ क्षमाबुद्धि जागृत न होनेपर ही मैं गरुड़पर आरूढ़ होकर शत्रुसेनाके बीच जाता हूँ। उस समय सूर्य और चन्द्रमाके समान चमकीले शस्त्रास्त्र मेरे हाथोंमें रहते हैं ॥ ४१ ॥ आप मेरे माननीय हैं और अवस्थाके क्रमसे तो पिताके समान हैं। अब आप अपनी पुरीकी रक्षा करते हुए क्षत्रियोंके मध्यमें पिताके समान निवास करें ॥ ४२ ॥ हे राजन् ! पाप तो कायर पुरुषोंके ही हृदयमें स्थान पाता है। सरल स्वभाव और वीर पुरुषोंके मनमें वह कैसे रहेगा ? ॥ ४३ ॥ आप यह भलीभाँति समझ लें कि मैं अति सरल स्वभावका व्यक्ति हूँ और सबपर पुत्रवत् प्रेम रखता हूँ। विदर्भनगरके अधिपति इन दोनों महात्माओंने हमारा आतिथ्य सत्कार करके हमको अपना राज्यतक दे दिया है। उस दानके फलस्वरूप इनकी दस पीढ़ीके पूर्वपुरुष स्वर्गलोक प्राप्त कर चुके हैं ॥४४।४५॥ ये दोनों भाई क्रथ–कैशिक एवं भविष्यमें होनेवाले इनके पुत्र-पौत्र आदि दस पीढ़ीके पुरुष भी अनायास

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राज्यसुखका उपभोग करते हुए मोक्षपथके पथिक बनकर बड़े आनन्दके साथ मोक्षसुख प्राप्त करेंगे ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ जो राजे मेरा अभिषेक करनेके लिए यहाँ एकत्र हुए हैं, वे सब भी कालक्रमसे देवलोक चले जायँगे ॥ ४८ ॥ आप लोगोंका कल्याण हो। अब मैं गरुड़के साथ भोजराज (उग्रसेन) द्वारा परिपालित मथुरा पुरीको जा रहा हूँ ॥४९॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! यदुनन्दन भगवान कृष्णने राजा भीष्मकसे ऐसा कहकर वहाँ उपस्थित राजाओंसे विदा माँगी और सभासे बाहर निकलकर अपने रथके समीप जा पहुँचे ॥ ५० ॥ उस समय राजर्षि भीष्मक तथा अन्यान्य राजे उन्हें निहारकर बहुत खिन्न हुए और स्तब्ध होकर चुपचाप खड़े रह गये ॥ ५१ ॥ तदनन्तर राजा भीष्कम हाथ जोड़कर उन आदिदेव, सुरासुरनमस्कृत, सहस्रपाद, सहस्राक्ष, सहस्रबाहु, सहस्रशीर्ष, सहस्रमुकुटधारी, दिव्यमाल्य, दिव्य वस्त्र, दिव्य गन्ध, दिव्य अनुलेपन, दिव्य आभूषण तथा दिव्य शस्त्रोंसे विभूषित, चन्द्र-सूर्य-अग्नि तथा

देवलोकं नराधिपाः ॥ ४६ ॥ अनयोः सुचिरं कालं भुक्त्वा राज्यमकण्टकम् ॥ यदाऽभिलाषो मोक्षस्य यास्येते निर्वृतिं सुखम् ॥ ४७ ॥ नरेन्द्राश्च महाभागा येऽभिषेचितुमागताः ॥ कालेन तेऽपि यास्यन्ति देवलोकं त्रिविष्टपम् ॥ ४८ ॥ स्वस्ति वोऽस्तु गमिष्यामि वैनतेयसहायवान् ॥ नगरीं मथुरां रम्यां भोजराजेन पालिताम् ॥ ४९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा तु राजानं भीष्मकं यदुनन्दनः ॥ राज्ञश्चैवमुपामन्त्र्य वैदर्भाभ्यां विशेषतः ॥ सभान्निष्क्रम्य देवेशो जगाम रथमन्तिकम् ॥५०॥ ततः प्रहृष्टो राजर्षिर्भीष्मकः किल केशवम् ॥ ते सर्वे च महीपाला विषण्णवदनाऽभवन् ॥ ५१ ॥ आद्यं स्वायंभुवं रूपं सुरासुरनमस्कृतम् ॥ सहस्रपातसहस्राक्षं सहस्रभुजविग्रहम् ॥ ५२ ॥ सहस्रशिरसं देवं सहस्रमुकुटोज्ज्वलम् ॥ दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगन्धानुलेपनम् ॥५३॥ दिव्याभरणसंयुक्तं दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥ कृष्णं रक्तारविन्दाक्षं चन्द्रसूर्याग्निलोचनम् ॥ ५४ ॥ दृष्ट्वा स राजा राजेन्द्रं प्रणिपत्य कृताञ्जलिः ॥ वाङ्मनःकायसंयुक्तं स्तोतुमारब्धवांस्तदा ॥ ५५ ॥ भीष्मक उवाच ॥ देवदेव नमस्तुभ्यमनादिनिधनाय वै ॥ शाश्वतायादिदेवाय नारायण परायण ॥५६॥ स्वयंभुवे च विश्वाय स्थाणवे वेधसे हि च ॥ पद्मनाभाय जटिने दण्डिने पिङ्गलाय च ॥ ५७॥ हंसप्रभाय हंसाय चक्ररूपाय वै नमः ॥ वैकुण्ठाय नमस्तस्मै अजाय परमात्मने ॥ ५८ ॥ सदसद्भावयुक्ताय पुराणपुरुषाय च ॥ पुरुषोत्तमाय युक्ताय निर्गुणाय नमोऽस्तु ते ॥ ५९ ॥ वरदो भव मे नित्यं त्वद्भक्ताय सुरोत्तम ॥ लोकनाथोऽसि नाथ त्वं विष्णुस्त्वं विदितात्मनाम् ॥ ६० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं स्तुत्वा महादेवं नृपाणामग्रतो नृपः ॥ महार्हमणिमुक्ताभिर्वज्रवैदूर्यहासिनम् ॥ ६१ ॥ शातकुम्भस्य निचयं कृष्णाय प्रददौ

रक्तकमल सदृश नेत्रवाले भगवान कृष्णको देखकर मनसा-वाचा-कर्मणा उनकी स्तुति करने लगे ॥ ५२–५५ ॥ भीष्मक बोले—हे देवदेव! आपको नमस्कार है। आप जन्म-मृत्युविहीन, आदिदेव, शाश्वत, स्वयम्भू, विश्व, स्थाणु, विधाता, पद्मनाभ, जटी, दण्डी, पिङ्गल, श्वेत, हंस, चक्र, वैकुण्ठ, अज, परमात्मा, सदसद्भावयुक्त पुराण पुरुष, युक्त और निर्गुण हैं। अतएव मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ५६–५९ ॥ मैं निश्चितरूपसे आपका भक्त हूँ। अतएव आप मुझे वरदान दें। हे नाथ! आप साक्षात् विष्णु हैं। समस्त ब्रह्माण्डमें कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है, जो आपको न जानता हो ॥ ६० ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! राजा भीष्मक बहुमूल्य हीरक, मुक्ता तथा वैदूर्यमणिसे विभूषित देवाधिदेव कृष्णकी स्तुति करके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्हें सुवर्णराशि भेटमें दी । इसके बाद उन्होंने वैतनेय गरुडको नमस्कार करके कहा—हे मन तथा वायुके समान वेगसे चलनेवाले पक्षिराज ! हे कामरूपिन् ! हे कश्यपतनय ! आपको नमस्कार है ॥ ६१–६३ ॥ महाराज भीष्मकने इस प्रकार संक्षिप्तरूपसे कमललोचन श्रीकृष्णकी स्तुति की और उन्हें उच्चकोटिके आभूषण अर्पण करके विदा किया ॥ ६४ ॥ भगवान भी समस्त राजाओंसे सम्मान प्राप्त करके चल पड़े । जब वे मथुरापुरीकी ओर चले तो सौम्यमूर्ति गरुड़ एवं अन्यान्य राजे उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ उन लोगोंकी यात्राके समय दसों दिशायें जगमगा उठीं । भेरी और नगाड़ोंका निनाद, शंखध्वनि, हाथियोंकी चिंघाड़, घोड़ोंकी हिनहिनाहट, वीरोंका सिंहनाद और रथके पहियोंकी घड़घड़ाहटसे प्रलयकालके मेघों जैसा तुमुल निनाद होने लगा । महाबली और असाधारण पराक्रमी भगवान कृष्णके चले जानेपर देवताओंने सभा भंग कर दी और आसन लेकर देवलोक चले

नृपः ॥ पुनश्चक्रे नमस्कारं वैनतेये महाबले ॥ ६२ ॥ भीष्मक उवाच ॥ नमस्तस्मै खगेन्द्राय नमो मारुतरंहसे ॥ कामरूपाय दिव्याय काश्यपाय च वै नमः ॥ ६३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इति संक्षेपतः स्तुत्वा सत्कृत्य वरभूषणैः ॥ ततो विसर्जयामास कृष्णं कमललोचनम् ॥ ६४ ॥ अनुजग्मुर्नृपाश्चैव प्रस्थितं वासवानुजम् ॥ प्रतिगृह्य च सत्कारं नृपानामंत्र्य वीर्यवान् ॥ ६५ ॥ जगाम मथुरां कृष्णो द्योतयानो दिशो दश ॥ वैनतेयं पुरस्कृत्य सौम्यरूपं खगोत्तमम् ॥ ६६ ॥ महता रथवृन्देन परिवार्य समन्ततः ॥ भेरीपटहनादेन शङ्खदुन्दुभिनिस्वनैः ॥ ६७ ॥ बृंहितेन च नागानां हयानां हेषितेन च ॥ सिंहनादेन शूराणां रथनेमिस्वनेन च ॥ ६८ ॥ तुमुलः सुमहानासीन्महामेघरवोपमः ॥ गते कृष्णे महावीर्ये आदाय वरमासनम् ॥ ६९ ॥ सभामादाय देवाश्च प्रययुस्त्रिदशालयम् ॥ महता चतुरङ्गेण बलेन परिवारिताः ॥ ७० ॥ क्रोशमात्रमुपव्रज्य अनुज्ञाते जनार्दने ॥ प्रययुस्ते नृपाः सर्वे पुनरेव स्वयंवरम् ॥ ॥ ७१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रयाते वसुदेवपुत्रो नराधिपा भूषणभूषिताङ्गाः ॥ सभां ययुस्ते [illegible] सुरेन्द्रकल्पाः प्रबोधनार्थं गमनोत्सवास्ते ॥ १ ॥ सभागतान्सोमरविप्रकाशान्सुखोपविष्टान्रुचिरासनेषु ॥ समीक्ष्य राजा सुनयार्थवादी जगाद वाक्यं नरराजसिंहः ॥ २ ॥ स्वयंवरकृतं दोषं विदित्वा वो नराधिपाः ॥ क्षन्तव्यो मम वृद्धस्य दुर्दग्धस्य फलोदयम् ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमाभाष्य तान्सर्वान्सत्कृत्य च यथाविधि ॥

गये । देवताओंके साथ ही उनकी चतुरंगिणी सेना भी चली गयी ॥६७–७०॥ भगवान कृष्ण जब कोसभर मार्ग तै कर गये, तब उन्होंने राजाओंको लौटनेका आदेश दिया । तदनुसार वे लौटकर फिर उस स्वयंवरकी सभामें जा पहुँचे ॥ ७१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५२॥

(राजा शाल्वकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले–हे महाराज ! वसुदेवतनय श्रीकृष्णके मथुरा चले जानेपर अन्यान्य राजे भी अपने-अपने घर जानेकी उत्सुकतावश विदा लेनेके लिए पुनः स्वयम्वरसभामें जाकर अपनी-अपनी जगह बैठ गये ॥१॥ तब नीतिविशारद राजा भीष्मकने उन सुन्दर आसनोंपर आसीन तथा सूर्य-चन्द्र सदृश तेजस्वी राजाओंको सम्बोधित करके कहा—॥ २ ॥ यहाँ आये हुए हे राजाओं ! आप सभी लोगोंने स्वयम्वरमें उपस्थित विघ्नको अपनी आँखोंसे देख लिया । इस समय मैं अधिक क्या कहूँ । मैं वृद्ध हूँ । अतएव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मेरी अनीतिसम्बन्धी दोषके कारण आपलोगोंको जो कष्ट हुआ है, इसके लिए आप मुझे क्षमा कर दें ॥ ३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! ऐसा कहकर राजा भीष्मकने उन राजाओंका यथोचित सम्मान किया और विधिवत् अभ्यर्थना करके पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा मध्यप्रदेशसे आये हुए नरेशोंको विदा किया। वे सभी धनुर्धारी राजे भी उनके द्वारा सत्कृत होकर और प्रसन्नतापूर्वक सत्कार स्वीकार करके अपनी-अपनी राजधानीकी ओर चल पड़े। केवल बलवान् जरासन्ध, शिशुपाल, दन्तवक्त्र, सौभपति शाल्व, महाकूर्म, वेणुदारि, कश्मीरनरेश तथा क्रथ-कैशिक आदि सम्भ्रान्त कुलमें उत्पन्न दक्षिण देशके राजे महाराज भीष्मकका गूढ़ अभिप्राय जाननेके लिए वहाँ रुक गये। तब भीष्मक उनकी ओर निहारकर स्निग्ध और गम्भीर वाणीमें उन्हें सम्बोधित करके बोले—हे महीपालगण ! मैंने आप लोगोंके नीतिसंगत वचन सुनकर ही ऐसा कार्य किया है। मैं निश्चितरूपसे आपका अपराधी हूँ। अतएव इस समय आप लोग

ततो विसर्जयामास नृपांस्तान्मध्यदेशजान् ॥ ४ ॥ पूर्वपश्चिमजांश्चैव उत्तरापथिकानपि ॥ तेऽपि सर्वे महेष्वासाः प्रहृष्टमनसो नराः ॥ ५ ॥ यथा-
र्हेण च संपूज्य जग्मुस्ते नरपुङ्गवाः ॥ जरासंधः सुनीथश्च दन्तवक्त्रश्च वीर्यवान् ॥६॥ शाल्वः सौभपतिश्चैव महाकूर्मश्च पार्थिवः ॥ क्रथकैशिकमु-
ख्याश्च नृपाः प्रवरवंशजाः ॥ ७ ॥ वेणुदारिश्च राजर्षिः काश्मीराधिपतिस्तथा ॥ एते चान्ये च बहवो दक्षिणापथिका नृपाः ॥ ८ ॥ श्रोतुकामा
रहोवाक्यं स्थिता वै भीष्मकान्तिकं ॥ तान्वै समीक्ष्य राजेन्द्रः स राजा भीष्मको बली ॥९॥ स्नेहपूर्णेन मनसा स्थितांस्तानवनीश्वरान् ॥ त्रिवर्ग-
सहितं श्लक्ष्णं षड्गुणालङ्कृतं शुभम् ॥ १० ॥ उवाच नयसंपन्नं स्निग्धगम्भीरया गिरा ॥ भीष्मक उवाच ॥ भवतामवनीशानां समालोक्य नयान्वि-
तम् ॥ ११ ॥ वचनं व्याहृतं श्रुत्वा कृतवान्कार्यमीदृशम् ॥ क्षन्तव्यं भवतां सद्भिर्वयं नित्यापराधिनः ॥ १२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा
तु राजा स भीष्मको नयकोविदः ॥ उवाच सुतमुद्दिश्य वचनं राजसंसदि ॥१३॥ भीष्मक उवाच ॥ पुत्रस्य चेष्टामालोक्य त्रासाकुलितलोचनः ॥
मन्ये बालानिमाँल्लोकान्स एष पुरुषः परः ॥ १४ ॥ कीर्तिः कीर्तिमतां श्रेष्ठो यशश्च यशभाग्बली ॥ स्थापिता भुवि मर्त्येऽस्मिन्स्वबाहुबलमूर्जितम्
॥ १५ ॥ धन्या खलु महाभागा देवकी योषितां वरा ॥ पुत्रं त्रिभुवनश्रेष्ठं कृत्वा गर्भेण केशवम् ॥ १६ ॥ कृष्णं कमलपत्राक्षं श्रीपुञ्जममरार्चितम् ॥
नेत्राभ्यां स्नेहपूर्णाभ्यां वीक्षते मुखपङ्कजम् ॥ १७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं लालप्यमानं तु राजानं राजसंसदि ॥ उवाच श्लक्ष्णया वाचा

मुझे क्षमा प्रदान करें ॥ ४–१२ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! नीतिनिपुण राजा भीष्मकने ऐसा कहकर उस राजसभामें अपने पुत्र रुक्मीको उद्देश्य करके कहा ॥ १३ ॥ भीष्मक बोले—इस समय मैं अपने पुत्रका कार्यकलाप देखकर बहुत भयभीत हो गया हूँ। मेरा पुत्र निरा बालक है। एकमात्र कृष्ण ही पुरुषोत्तम हैं। वे ही यशस्वी हैं। उन्होंने अपने बाहुबलसे इस मर्त्यलोकमें स्थायी कीर्ति प्राप्त की है ॥ १४ ॥ १५ ॥ नारीजातिमें श्रेष्ठ महाभागा देवकी धन्य हैं। क्योंकि उन्होंने त्रिभुवनश्रेष्ठ पुरुष भगवान कृष्णको अपने गर्भमें धारण किया था ॥ १६ ॥ वे स्नेहाश्रुपूर्ण नयनोंसे शोभाधाम तथा देवपूज्य कृष्णका मुखकमल नित्य निहारा करती हैं ॥ १७ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! राजा भीष्मकके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार खेद प्रकाश करनेपर महामति राजा शाल्वने उनको सम्बोधित करके कहा—॥ १८ ॥ हे राजेन्द्र ! अपने पुत्रके लिए आप खेद न करें। रणमें जय और पराजय क्षत्रियका धर्म है ॥ १९ ॥ इस मृत्युलोककी गति ही ऐसी है और यही सनातन धर्म कहलाता है। भगवान कृष्ण और बलरामके सिवाय संसारमें ऐसा तृतीय पुरुष कौन है कि जो समरमें आपके पुत्रको परास्त कर सके। संसारमें जितने रथी और अतिरथी हैं, उन सबमें आपका पुत्र अद्वितीय है ॥ २० ॥ २१ ॥ एकमात्र रुक्मी ही हाथमें धनुष लेकर शत्रुओंको ध्वस्त कर सकते हैं। ये देवदुर्लभ भार्गवास्त्रका संचालन आरम्भ कर दें तो संसारका कौन महापुरुष उसे सहन कर सकता है ? आप जो श्रीकृष्णकी बात करते हैं, वे तो अनादि-निधन और अक्षयस्वरूप हैं ॥ २२ ॥ २३ ॥ उन्हें साक्षात् शंकरभगवान भी नहीं परास्त कर सकते। हे महाराज ! आपका पुत्र सर्वशास्त्रविशारद तथा असाधारण बुद्धिमान् है। भगवान

शाल्वराजो महाद्युतिः ॥ १८ ॥ शाल्व उवाच ॥ अलं खेदेन राजेन्द्र सुताय रिपुमर्दिने ॥ क्षत्रियस्य रणे राजन्ध्रुवं जयपराजयौ ॥ १९ ॥ नियता गति मर्त्यानामेष धर्मः सनातनः ॥ बलकेशवयोरन्यस्तृतीयः कः पुमानिह ॥२०॥ रणे योधयितुं शक्तस्तव पुत्रं महाबलम् ॥ रथातिरथ-वृन्दानामेक एव रणाजिरे ॥ २१ ॥ रिपून्बाधयितुं शक्तो धनुर्गृह्य महाभुजः ॥ भार्गवास्त्रं महारौद्रं देवैरपि दुरासदम् ॥ २२ ॥ सृजतो बाहु-वीर्येण कः पुमान्प्रसहिष्यति ॥ अयं तु पुरुषः कृष्णो ह्यनादिनिधनोऽव्ययः ॥ २३ ॥ तं विजेता नृलोकेऽस्मिन्नापि शूलधरः स्वयम् ॥ तव पुत्रो महाराज सर्वशास्त्रार्थतत्त्ववित् ॥ २४ ॥ विदित्वा देवमीशानं न योधयति केशवम् ॥ अद्य तस्य रणे जेता यवनाधिपतिर्नृप ॥ २५ ॥ स काल-यवनो नाम अवध्यः केशवस्य ह ॥ तप्त्वा सुदारुणं घोरं तपः परमदुश्चरम् ॥ २६ ॥ रुद्रमाराधयामास द्वादशाब्दानयोशनः ॥ पुत्रकामेन मुनिना तोष्य रुद्रात्सुतं वृणोत् ॥ २७ ॥ माथुराणामवध्योऽयं भवेदिति च शंकरात् ॥ एवमस्त्विति रुद्रोऽपि प्रददौ मुनये सुतम् ॥ २८ ॥ एवं गार्ग्यस्य तनयः श्रीमान्रुद्रवरोद्भवः ॥ माथुराणामवध्योऽयं मथुरायां विशेषतः ॥ २९ ॥ कृष्णोऽपि बलवानेष माथुरे जातवानयम् ॥ स जेष्यति रणे कृष्णं मथुरायां समागतः ॥ ३० ॥ मन्यध्वं यदि वा युक्तां नृपा वाचं मयेरिताम् ॥ तत्र दूतं विसृजध्वं यवनेन्द्रपुरं प्रति ॥ ३१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥

कृष्णको आदिदेव समझकर ही रुक्मी युद्धके लिए नहीं अग्रसर हुआ था। आज संसारमें उसपर विजय प्राप्त करनेवाला केवल कालयवन है ॥२४॥२५॥ वह कालयवन कृष्णके हाथों अवध्य है। पूर्वकालमें महामुनि गार्ग्यने पुत्रकी कामनासे बारह वर्षोंतक केवल लौहचूर्ण भक्षण करके शंकर भगवानको प्रसन्न करनेके लिए कठोर तपस्या की। जब रुद्र भगवान प्रसन्न होकर वरदान देनेके लिए उद्यत हुए, तब महामुनि गार्ग्यने कहा—हे भगवन् ! मैं मथुरावासियों द्वारा अवध्य एक पुत्रके लिए प्रार्थना करता हूँ। तब शंकर भगवानने 'तथास्तु' कहकर पुत्रप्राप्तिका वरदान दे दिया ॥ २६—२८ ॥ अतएव महात्मा गार्ग्यका पुत्र कालयवन मथुरावासियोंके हाथों अवध्य है ॥ २९ ॥ श्रीकृष्ण भी मथुरामें ही उत्पन्न हुए हैं। इस कारण वह कालयवन ही मथुरामें पहुँचकर कृष्णको परास्त कर सकता है ॥ ३० ॥ अतएव यदि आपलोग मेरी बात उचित समझें तो इसे मानकर यवनराजके नगरको दूत भेजिए ॥ ३१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! सौभपति शाल्वके वचन सुनकर राजे बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने जरासन्धसे कहा कि इस समय हमको यही काम करना चाहिए ॥ ३२ ॥ महामति जरासन्ध उन राजाओंकी बात सुनकर आकाशवाणीका स्मरण करता हुआ विमनस्क हो गया ॥ ३३ ॥ जरासन्ध बोला——हाय ! पहले कितने ही राजे शत्रुसे भयभीत होकर मेरी शरणमें आते थे और उन्हें उनका अपहृत राज्य पुनः प्राप्त हो जाया करता था ॥३४॥ किन्तु आज वे ही राजे मुझसे दूसरेकी शरण लेनेका अनुरोध कर रहे हैं । क्या आज मुझे पतिद्वेषिणी तथा परपुरुषपरायणा स्त्रीकी तरह किसी अन्य राजाका सहारा लेना होगा ? ॥३५॥ हाय ! भाग्य कितना दुर्निवार होता है कि आज मुझे भी कृष्णके भयसे अन्य अधिक बलीकी शरण लेनी होगी ॥ ३६ ॥ हे भूपालगण ! आप लोग मुझ निरुपायको अवश्य पराधीन कर देंगे । किन्तु मुझे तो ऐसा करनेकी अपेक्षा मृत्यु ही श्रेयस्कर ज्ञात होती है । प्राणान्तकाल उपस्थित होनेपर भी मैं किसी अन्य पुरुषकी अधीनता न स्वीकार करूँगा । मेरा यह सिद्धान्त और नियम बन चुका है कि कृष्ण हों, बलराम हों या और कोई हो, रणभूमिमें उतरनेपर मैं उसके

श्रुत्वा सौभपतेर्वाक्यं सर्वे ते नृपसत्तमाः ॥ कुर्म इत्यब्रुवन्हृष्टा जरासंधं महाबलम् ॥ ३२ ॥ स तेषां वचनं श्रुत्वा जरासन्धो महीपतिः ॥ बभूव विमना राजन्ब्रह्मणो वचनं स्मरन् ॥ ३३ ॥ जरासंध उवाच ॥ मां समाश्रित्य पूर्वस्मिन्नृपा नृपभयार्दिताः ॥ प्राप्नुवन्तु हृतं राज्यं सभृत्यबलवाहनम् ॥ ३४ ॥ इह संचोद्यते भूपैः परसंश्रयहेतुना ॥ कन्येव स्वपतिद्वेषादन्यं रतिपरायणा ॥ ३५ ॥ अहो सुबलवद्दैवमशक्यं विनिवर्तितुम् ॥ यदहं कृष्णभीतोऽन्यं संश्रयामि बलाधिकम् ॥ ३६ ॥ नूनं योगविहीनोऽहं कारयिष्ये पराश्रयम् ॥ श्रेयो हि मरणं मह्यं न चान्यं संश्रये नृपाः ॥ ३७ ॥ कृष्णो वा बलदेवो वा यो वाऽसौ वा नराधिपः ॥ हन्तारं प्रतियोत्स्यामि यथा ब्राह्मप्रचोदितः ॥ ३८ ॥ एषा मे निश्चिता बुद्धिरेतत्सत्पुरुषव्रतम् ॥ अतोऽन्यथा न शक्तोऽहं कर्तुं परसमाश्रयम् ॥ ३९ ॥ भवतां साधुवृत्तानामाबाधं न करोति सः ॥ तेन दूतं प्रदास्यामि नृपाणां रक्षणाय वै ॥ ४० ॥ व्योममार्गेण यातव्यं यथा कृष्णो न बाधते ॥ गच्छन्तमनुचिन्त्यैवं प्रेषयध्वं नृपोत्तमाः ॥ ४१ ॥ अयं सौभपतिः श्रीमाननलार्केन्दुविक्रमः ॥ रथेनादित्यवर्णेन प्रयाति स्वपुरं बली ॥ ४२ ॥ यवनेन्द्रो यथाऽभ्येति नरेन्द्राणां समागमम् ॥ वचनं च तथाऽस्माभिर्दूत्ये नः कृष्णविग्रहे ॥ ४३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ पुनरेवाब्रवीद्राजा सौभस्य पतिमूर्जितम् ॥ गच्छ सर्वनरेन्द्राणां साहाय्यं कुरु मानद ॥ ४४ ॥

प्रतिकूल खड़ा मिलूँगा ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ प्राणसंकट उपस्थित होनेपर भी मैं उस सिद्धान्तके विपरीत कार्य करके पराया आश्रय कदापि न स्वीकार करूँगा ॥३९॥ फिर भी आप लोग साधु पुरुष हैं और यवनपतिने भी कभी मेरा अनिष्ट नहीं चाहा है । अतएव आप लोगोंकी रक्षाके लिए मैं दूत भेजनेको सहमत हूँ ॥ ४० ॥ किन्तु दूतकार्य करनेके लिए जो जाय, उसे नभमार्गसे ही जाना ठीक होगा । ऐसा करनेसे कृष्ण उसके कार्यमें बाधा नहीं डाल सकेंगे । अब जिसे वहाँ जानेकी सुविधा हो, उसे भेजिए ॥४१॥ मेरा ऐसा अनुमान है कि सूर्य तथा चन्द्रमाके समान तेजस्वी ये सौभपति अपने भास्करप्रभ रथपर आरूढ़ होकर अपने नगरको जा रहे हैं ॥४२॥ अतएव ये ही घर जाते समय यवनराजसे ऐसा सन्देश कहते जायँ कि जिससे वह कृष्णके साथ होनेवाले संग्राममें आकर हम सब राजाओंमें सम्मिलित हो जाय ॥ ४३ ॥ वैशम्पायन कहते हैं——हे महाराज ! ऐसा कहकर जरासन्धने सौभपति तेजस्वी राजा शाल्वसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा—हे मानद ! आप जायँ और सब राजाओंकी सहायता करें ॥ ४४ ॥ वहाँ जाकर आप ऐसी नीतिका प्रयोग करिए कि जिससे कालयवन मथुरा जाकर कृष्णको परास्त करे और हम लोगोंको सन्तोष हो ॥ ४५ ॥ महामति जरासन्धने उन राजाओंसे ऐसा कह और राजा भीष्मककी यथोचित सम्वर्धना करके सेनाके साथ अपने नगरको प्रस्थान कर दिया ॥ ४६ ॥ इधर नृपतिश्रेष्ठ शाल्व भी राजाओंसे विदा लेकर पवनसे भी तेज चलनेवाले रथपर सवार होकर आकाशमार्गसे चल पड़ा ॥ ४७ ॥ दाक्षिणात्य राजे भी कुछ दूरतक जरासन्धको अनुगमन करके अपने-अपने नगरोंको चले गये ॥ ४८ ॥ इधर क्रथ और कैशिक दोनों भ्राता उन राजाओंकी कुमन्त्रणा सुनकर नितान्त दुःखित हुए और भगवान कृष्णका स्मरण करते हुए अपने नगरको चले गये। राजा भीष्मक भी पुत्रके साथ अपने घर पधारे ॥ ४९ ॥ इसी समय साध्वी रुक्मिणी भगवान कृष्णके आगमनसे स्वयम्वर भङ्ग होनेकी बात सुनकर अपनी सखियोंके

यवनेन्द्रो यथा याति यथा कृष्णं विजेष्यति ॥ यथा वयं च तुष्यामस्तथा नीतिर्विधीयताम् ॥ ४५ ॥ एवं संदिश्य सर्वांस्तान्भीष्मकं पूज्य धर्मतः ॥ प्रययौ स्वपुरं राजा स्वेन सैन्येन संवृतः ॥ ४६ ॥ शाल्वोऽपि नृपतिश्रेष्ठस्ताभ्यां संपूज्य धर्मतः ॥ जगामाकाशमार्गेण रथेनानिलरंहसा ॥ ४७ ॥ तेऽपि सर्वे महीपाला दक्षिणापथवासिनः ॥ अनुव्रज्य जरासंधं गताः स्वनगरं प्रति ॥ ४८ ॥ भीष्मकः सह पुत्रेण तावुभौ चिन्त्य दुर्नयम् ॥ स्वे गृहे न्यवसद्दीनः कृष्णमेवानुचिन्तयन् ॥ ४९ ॥ विदिता रुक्मिणी साध्वी स्वयंवरनिवर्तनम् ॥ कृष्णस्यागमनाद्धेतोर्नृपाणां दोषदर्शनम् ॥५०॥ गत्वा तु सा सखीमध्ये उवाच व्रीडितानना ॥ न चान्येषां नरेन्द्राणां पत्नी भवितुमुत्सहे ॥ कृष्णात्कमलपत्राक्षात्सत्यमेतद्वचो मम ॥५१॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीस्वयंवरो नाम त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ यवनानां बलोदग्रः स कालयवनो नृपः ॥ बभूव राजा धर्मेण रक्षिता पुरवासिनाम् ॥ १ ॥ त्रिवर्गविदितः प्राज्ञः षड्गुणानुपजीवकः ॥ सप्तव्यसनसंमूढो गुणेष्वभिरतः सदा ॥ २ ॥ श्रुतिमान्धर्मशीलश्च सत्यवादी जितेंद्रियः ॥ सांग्रामिकविधिज्ञश्च दुर्गलाभानुसारणः ॥ ३ ॥ शूरोऽप्रतिबलश्चैव मन्त्रिप्रवरसेवकः ॥ सुखासीनः सभां रम्यां सचिवैः परिवारितः ॥ ४ ॥ उपास्यमानो यवनैरात्मविद्भिर्विपश्चितैः ॥

पास गयी और लज्जासे नतमस्तक होकर कहने लगी—सखियों ! मैं सच कह रही हूँ कि कमलनयन कृष्णके सिवाय और किसी भी राजाकी पत्नी नहीं बनना चाहती ॥ ५० ॥ ५१ ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

(कालयवन-शाल्वसम्वाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! बलवान् यवनपति कालयवन राजधर्मके अनुसार अपनी प्रजाका पालन करता था ॥ १ ॥ धर्म, अर्थ, काम इस त्रिवर्ग तथा राजोचित षड्वर्गमें उसकी बुद्धि बड़ी तीव्र थी। वह किसी प्रकारके व्यवसनमें आसक्त नहीं था। गुणोंकी ओर उसका विशेष झुकाव था ॥२॥ वह विद्वान्, धर्मात्मा, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, रणनिपुण, दुर्गनिर्माणमें कुशल, वीर, असाधारण बलवान् और अच्छे मन्त्रियोंका उपासक था। एक दिन वह तत्त्वज्ञानी राजा मन्त्रियोंके साथ अपनी सभामें बैठकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परस्पर विविध प्रकारके वार्तालापका आनन्द ले रहा था। बड़े-बड़े यवनविद्वान् उसकी सेवामें लगे हुए थे ॥३–५॥ उसी समय सहसा कामोद्दीपक, सुखदायक, शीतल और सुगन्धित पवन मन्द-मन्द चलने लगा ॥६॥ सभाके सभी लोग 'यह क्या' कहकर चकित भावसे आँखें पसारकर इधर-उधर निहारने लगे। राजा कालयवनने भी सभाके सभ्योंको चकित देखा ॥७॥ क्षणभर बाद उसने देखा कि सूर्यसदृश तेजस्वी, स्वर्णमय पहियोंसे विभूषित, रत्नोंकी प्रभासे विभासित, उच्चकोटिकी ध्वजा-पताकाओंसे अलंकृत, मनो-मारुतवेगगामी अश्वसंयुक्त, शत्रुओंके लिए भयदायी तथा मित्रोंका हर्षवर्द्धक एक रथ दक्षिण दिशासे आ रहा है। उसे देखते ही ज्ञात हो जाता था कि विश्वकर्माने सूर्य और चन्द्रमाके बिम्ब तथा सुवर्णके मेलसे उस रथका निर्माण किया है। उसमें व्याघ्रचर्म बिछा हुआ था ॥८–११॥ उस रथके ऊपरी भागमें श्रीमान् सौभपति शाल्व विराजमान थे। उन्हें देखते ही यवनराजका एक मंत्री उठकर बड़ी

विविधाश्च कथा दिव्याः कथ्यमानाः परस्परम् ॥ ५ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु दिव्यगन्धवहोऽनिलः॥ प्रववौ मदनाबोधं चकार सुखशीतलः ॥६॥
किंस्विदित्येकमनसः सभायां ये समागताः॥ उत्फुल्लनयनाः सर्वे राजा चैवावलोक्य सः ॥ ७ ॥ अपश्यन्त रथं दिव्यमायान्तं भास्करोपमम् ॥
शातकुम्भमयैः शुभ्रै रथाङ्गैरुपशोभितम् ॥ ८ ॥ दिव्यरत्नप्रभाकीर्णं दिव्यध्वजपताकिनम् ॥ वाहितं दिव्यतुरगैर्मनोमारुतरंहसैः ॥ ९ ॥ चन्द्रभा-
स्करबिम्बानि कृत्वा जाम्बूनदेन तम् ॥ रचितं वै विश्वकृता वैयाघ्रवरभूषितम् ॥ १० ॥ रिपूणां त्रासजननं मित्राणां हर्षवर्द्धनम् ॥ दक्षिणादिगुपा-
यान्तं रथं पररथारुजम् ॥ ११ ॥ तत्रोपविष्टं श्रीमन्तं सौभस्य पतिमूर्जितम् ॥ दृष्ट्वा परमसंहृष्टश्चार्घ्यं पाद्येति चासकृत् ॥ १२ ॥ उवाच यवनेन्द्रस्य
मन्त्री मन्त्रविदां वरः ॥ तत्रोत्थाय महाबाहुः स्वयमेव नृपासनात् ॥१३॥ प्रत्युद्गम्यार्घ्यमादाय रथावतरणे स्थितः ॥ शाल्वोऽपि च महातेजा दृष्ट्वा
राजानमागतम् ॥ १४ ॥ मुदा परमया युक्तं शक्रप्रतिमतेजसम् ॥ अवतीर्य सुविश्रब्ध एक एव रथोत्तमात् ॥ १५ ॥ विवेश परमप्रीतो मित्रद-
र्शनलालसः ॥ दृष्ट्वाऽर्घमुद्यतं राजा शाल्वो राजर्षिसत्तमः ॥१६॥ उवाच श्लक्ष्णया वाचा नार्घार्होऽस्मि महाद्युते ॥ दूतोऽहं मनुजेन्द्राणां सकाशाद्भ-
वतोऽन्तिकम् ॥ १७ ॥ प्रेषितो बहुभिः सार्द्धं जरासंधेन धीमता ॥ तेन मन्ये महाराज नार्घार्होऽस्मीति राजसु ॥ १८ ॥ कालयवन उवाच ॥
जानाम्यहं महाबाहो दौत्येन त्वामिहागतम् ॥ साहित्ये नरदेवानां प्रेषितो मागधेन वै ॥ १९ ॥ तेन त्वामर्चये राजन्विशेषेण महामते ॥ अर्घ्यपाद्य-

प्रसन्नताके साथ बारम्बार अर्घ्य-पाद्य लानेका आदेश देने लगा। इसके बाद कालयवन स्वयं भी उठकर खड़ा हो गया और स्वागतार्थ हाथमें अर्घ्य लेकर रथके उतरनेकी प्रतीक्षा करने लगा। महातेजस्वी शाल्वने भी परमानन्दित होकर इन्द्रसदृश तेजस्वी यवनराजको इस प्रकार खड़े देखा तो विश्वस्त मनसे अकेले ही रथसे उतर पड़े ॥ १२–१५ तदनन्तर वे बड़ी प्रसन्नताके साथ शाल्वसे मिलनेके लिए राजसभामें प्रविष्ट हुए। वहाँ कालयवनको हाथमें अर्घ्य लेकर खड़े देखा तो बड़ी मधुर वाणीमें कहा—हे महातेजस्विन्! हमें अर्घ्य देना आपके लिए उचित नहीं है। क्योंकि मैं अर्घ्यके योग्य नहीं हूँ। बहुतेरे राजाओंके समक्ष बुद्धिमान् जरासन्धने मुझे दूत बनाकर आपके पास भेजा है। हे महाराज! इसी कारण मैं अपनेको अर्घ्यके योग्य नहीं समझता ॥१६–१८॥ कालयवन बोला—हे महात्मन्! मैं यह जानना चाहता हूँ कि राजाओंके सम्मेलनमें किये गये निश्चयके अनुसार जरासन्धने आपको दूत बनाकर भेजा है ॥१९॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन सब राजाओंका दूत समझकर ही मैं अर्घ्य, पाद्य और आसन देकर आपका पूजन करना चाहता हूँ ॥ २० ॥ हे जनेश्वर ! आपका पूजन करनेसे सब राजाओंकी पूजा हो जायगी । आप मेरे साथ इस शुभ्र आसनपर विराजिए ॥ २१ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! ऐसा कहकर कलायवनने कहा—महात्मन् ! जैसे शचीपति इन्द्रके सहारे देवता सुखसे रहते हैं, उसी प्रकार जरासन्धके भुजबलके सहारे हमलोग शान्तिके साथ रहते हैं ॥ २२ ॥ २३ ॥ इस बीच कौनसा ऐसा दुष्कर कार्य आ उपस्थित हुआ कि जिसके लिए उन्होंने आपको मेरे पास भेजा । इस समय उनकी क्या आज्ञा है ? आप सच-सच बतायें, असाध्य होनेपर भी मैं वह कार्य सिद्ध करूँगा ॥२४॥ शाल्व बोले—हे यवनराज ! मगधेशने जो कहा है वह बता रहा हूँ, सुनिए ॥२५॥ उन्होंने कहा है कि कृष्ण इस समय सब लोगोंके लिए बाधक बनकर परम दुर्जय हो गया है । उसके अत्याचारोंका वृत्तान्त सुनकर मैंने उसका वध करनेका

दिसत्कारैरासनेन यथाविधि ॥ २० ॥ भवत्यभ्यर्चिते राज्ञां सर्वेषामर्चितं भवेत् ॥ आस्यतामासने शुभ्रे मया सार्द्धं जनेश्वर ॥ २१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ स हस्तालिङ्गनं कृत्वा पृष्ट्वा च कुशलामयम् ॥ सुखोपविष्टौ सहितौ शुभे सिंहासने स्थितौ ॥२२॥ कालयवन उवाच ॥ यद्बाहुबलमाश्रित्य वयं सर्वे नराधिपाः ॥ वसामो विगतोद्विग्ना देवा इव शचीपतिम् ॥ २३ ॥ किमसाध्यं भवेदस्य येनासि प्रेषितो मयि ॥ वद सत्यं वचस्तस्य किमाज्ञापयति प्रभुः ॥ करिष्ये वचनं तस्य अपि कर्म सुदुष्करम् ॥ २४ ॥ शाल्व उवाच ॥ यथा वदति राजेन्द्र मगधाधिपतिस्तव ॥ तथाऽहं संप्रवक्ष्यामि श्रूयतां यवनाधिप ॥ २५ ॥ जरासंध उवाच ॥ जातोऽयं जगतां बाधी कृष्णः परमदुर्जयः ॥ विदित्वा तस्य दुर्वृत्तमहं हन्तुं समुद्यतः ॥ २६ ॥ पार्थिवैर्बहुभिः सार्द्धं समग्रबलवाहनैः ॥ उपरुध्य महासैन्यैर्गोमन्तमचलोत्तमम् ॥२७॥ चेदिराजस्य वचनं महार्थं श्रुतवानहम् ॥ यदा तयोर्विनाशाय हुताशनमयोजयम् ॥२८॥ ज्वालाशतसहस्राढ्यं युगान्ताग्निसमप्रभम् ॥ दृष्ट्वा रामो गिरेः कूटादाप्लुतो हेमतालधृक् ॥२९॥ विनिष्पत्य महासेनां मध्ये सागरसन्निभम् ॥ आजघान दुराधर्षो नराश्वरथदन्तिनाम् ॥३०॥ सर्पन्तमिव सर्पेन्द्रं विकृष्याकृष्य लाङ्गलम् ॥ नरनागाश्ववृन्दानि मुसलेन व्यपोथयत् ॥ ३१ ॥ गजेन गजमास्फाल्य रथेन रथयोधिनम् ॥ हयेन च हयारोहं पदातेन पदातिनम् ॥ ३२ ॥ समरे स महातेजा नृपार्कशतसंकुले ॥ विचरन्विविधान्मार्गान्निदाघे भास्करो यथा ॥ ३३ ॥ रामादनन्तरं कृष्णः प्रगृह्यार्कसमप्रभम् ॥ चक्रं चक्रभृतां श्रेष्ठः सिंहः क्षुद्रमृगं

संकल्प किया था ॥२६॥ तदनुसार अपने समान बली राजाओंको साथ लेकर मैंने गोमन्तपर्वतपर उन्हें घेर लिया था ॥ २७ ॥ तदनन्तर चेदिराजके परामर्शानुसार मैंने कृष्ण-बलरामको भस्म कर डालनेके लिए उस पर्वतपर चारों ओर आग लगवा दी ॥ २८ ॥ उसी समय सुवर्णतालधारी बलराम प्रलयकालीन अग्निके समान उस अग्निको असंख्य ज्वालाओंमें प्रज्वलित होते देख उस पर्वतशिखरसे उछलकर समुद्रके समान विस्तृत हमारी सेनामें कूद पड़े । पहुँचते ही उन्होंने विचरणशील महासर्पके समान अपने भीषण लांगलास्त्रका विक्षेप और आकर्षण करते हुए मुसलास्त्रके प्रहारसे हाथी, घोड़े, रथ और मनुष्योंके विशाल समुदायको नष्ट करना आरम्भ कर दिया ॥ २९–३१ ॥ तदनन्तर हाथियोंसे हाथियोंकी सेना, अश्वोंके अश्वसेना और रथों द्वारा रथसेनाको धराशायी करके सैकड़ों राजारूपी सूर्यसे देदीप्यमान समरभूमिमें निदाघ (गर्मी) ऋतुके दिवाकरकी तरह वहाँके विविध मार्गोंपर विचरने लगे ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ इसके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाद चक्रास्त्रधारी यदुवीर कृष्ण भी सूर्यसदृश तेजस्वी चक्र लेकर अपने पैरोंके प्रहारसे उस पर्वतको विचलित करते हुए हमारी सेनामें कूद पड़े और जैसे सिंह छोटे-छोटे वनपशुओंका संहार करता है, वैसे ही वे हमारी सेनाका संहार करने लगे ॥३४॥३५॥ जब कृष्ण उस प्रज्वलित गिरिशिखरसे कूदे तो उनके पैरोंके आघातसे वह पर्वत जैसे नाचते-नाचते धरतीके भीतर समा गया। भूगर्भमें समाते ही निकली हुई जलधारासे सिंचकर अग्नि बुझ गयी। उन्होंने पहले अपने चक्र तथा गदा द्वारा सेनाको चूर्ण किया। उसके बाद चक्र और गदा त्यागकर वे मुसलास्त्रसे हाथियों, घोड़ों और मनुष्योंका संहार करने लगे ॥३६–३८॥ सूर्य सरीखे तेजस्वी राजाओं द्वारा जो सेना सुरक्षित थी, उसे चक्र और लांगल (हल) रूपी अग्निने क्षण भरमें उन दोनों युवकोंके क्रोधरूपी पवनसे धधककर भस्म कर दिया ॥३९॥ अगणित मनुष्य, हाथी, घोड़े, रथ, रथी और पैदल मनुष्योंसे परिपूर्ण वह सेना क्षण ही भरमें नष्ट हो गयी ॥४०॥ कृष्णके चक्ररूपी अग्निसे अपनी शेष सेनाको भयाकुल तथा छिन्न-भिन्न होते देख रथोंके समुदाय द्वारा उन भागते हुए सैनिकोंको रोकता हुआ मैं स्वयं रणभूमिमें जा डटा। उसी समय कृष्णके

यथा ॥३४॥ प्रविचाल्य महावीर्यः पादवेगेन तं गिरिम् ॥ शत्रुसैन्ये पपातोच्चैर्यदुवीरः प्रतापवान् ॥३५॥ प्रनृत्यन्निव शैलेन्द्रस्तोयधाराभिषेचितः ॥ घूर्णमानो विवेशोर्वीं विनिर्वाप्य हुताशनम् ॥ ३६ ॥ आदीप्यमानशिखरादवप्लुत्य जनार्दनः ॥ जघान वाहिनीं राजंश्चक्रव्यग्रेण पाणिना ॥ ३७ ॥ विक्षिप्य विपुलं चक्रं गदापातादनन्तरम् ॥ नरनागाश्ववृन्दानि मुसलेन व्यचूर्णयत् ॥ ३८ ॥ क्रोधानिलसमुद्धूतचक्रलाङ्गलवह्निना ॥ निर्दग्धा महती सेना नरेन्द्रार्काभिपालिता ॥ ३९ ॥ नरनागाश्वकलिलं पत्तिध्वजसमाकुलम् ॥ रथानीकं पदाताभ्यां क्षणेन विदलीकृतम् ॥ ४० ॥ सेनां प्रभग्नामालोक्य चक्रानलभयार्दिताम् ॥ महता रथवृन्देन परिवार्य समन्ततः ॥ ४१ ॥ तत्राहं युद्ध्यमानस्तु भ्राताऽस्य बलवान्बली ॥ स्थितो ममाग्रतः शूरो गदापाणिर्हलायुधः ॥ ४२ ॥ द्वादशाक्षौहिणीर्हत्वा प्रभिन्न इव केसरी ॥ हलं सौनन्दमुत्सृज्य गदया मामताडयत् ॥ ४३ ॥ वज्रपातनिभं वेधं पातयित्वा ममोपरि ॥ भूयः प्रहर्तुकामो मां वैशाखेनास्थितो महीम् ॥ ४४ ॥ वैशाखं स्थानमास्थाय गुहः क्रौञ्चं यथा पुरा ॥ तथा मां दीर्घनेत्राभ्यामीक्षते निर्दहन्निव ॥ ४५ ॥ तादृग्रूपं समालोक्य बलदेवं रणाजिरे ॥ जीवितार्थी नृलोकेऽस्मिन्कः पुमान्स्थातुमर्हति ॥ ४६ ॥ गृहीत्वा स गदां भीमां कालदण्डमिवोद्यताम् ॥ कुलांकुशेन निर्धूतां स्थित एवाग्रतो मम ॥ ४७ ॥ ततो जलदगम्भीरस्वरेणापूरयन्नभः ॥ वायु-

बलवान् भ्राता बलराम युद्ध करते हुए मेरे सम्मुख आ धमके। उस समय उनके हाथमें हल और विकराल गदा विद्यमान थी ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ उस महावीरने बारह अक्षौहिणी सेनाका संहार करके मत्त सिंहके समान हल तथा सौनन्द मुसल त्यागकर गदासे मुझपर प्रहार किया ॥ ४३ ॥ पहले मेरे ऊपर वज्राघातके समान गदाका एक प्रहार करके दूसरा प्रहार करनेके लिए, पूर्वकालमें जिस प्रकार स्वामिकार्तिकेय अपना शक्ति-अस्त्र लेकर क्रौंचपर्वतके मर्मस्थलपर लक्ष्य करके खड़े हुए थे, उसी प्रकार बलराम रोषसे नेत्र विस्फारित करके जैसे मुझे जलाते हुए मेरे मर्मस्थानपर लक्ष्य करके खड़े हो गये ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ बलरामको उस अवस्थामें खड़े देखकर जीवित रहनेकी इच्छा रखनेवाला कोई भी व्यक्ति उनके सम्मुख खड़ा होनेका साहस नहीं कर सकता था ॥४६॥ वे यमदण्डके समान भीषण गदा उठाकर मेरे सम्मुख खड़े हुए ही थे, उसी समय लोकपितामह ब्रह्मा स्वयं अलक्षित भावसे मेघगम्भीर स्वरमें समस्त आकाशको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रतिध्वनित करके बोले—"बलराम ! अब तुम जरासन्धपर प्रहार मत करो । क्योंकि यह तुम्हारा वध्य नहीं है । हे हलायुध ! मैंने इसके नाशके लिए अन्य उपाय कर दिया है । अतएव अब तुम शान्त हो जाओ" ॥ ४७–४९ ॥ ब्रह्माजीकी यह सर्वलोकप्राणहारिणी कठोर वाणी सुनकर मैं चिन्तित होता हुआ लौट पड़ा ॥ ५० ॥ अब सब राजाओंके हितार्थ मैं एक बात कह रहा हूँ, उसे सुनकर जो उचित समझिए सो करिए ॥५१॥ पूर्वकालमें महामुनि गार्ग्यने पुत्रकी कामनासे बारह वर्षोंतक केवल लौहचूर्ण भक्षण करके घोर तप करते हुए देवाधिदेव शंकर भगवानको प्रसन्न करके उनके वरदानसे आपको प्राप्त किया था । आप मथुरावासियों द्वारा अवध्य हैं । सूर्य भगवानकी किरणें जिस प्रकार हिमराशिको पिघलाकर समाप्त कर देती हैं, उसी प्रकार आप कृष्णको समाप्त करनेकी सामर्थ्य रखते हैं ॥५२–५४॥ अतएव उन राजाओंके प्रार्थनानुसार यत्नवान् होते हुए आप कृष्णपर विजय प्राप्त करनेके लिए मथुरा जाइए । वहाँ मथुराराज्यको विमर्दित करते हुए कृष्णको मारकर अपनी विजयपताका फहराइए ॥५५॥ वसुदेवके पुत्र और मथुरावासी बलराम कृष्णके भ्राता हैं । अतएव आप मथुरापुरीमें जाकर अनायास उन दोनोंको पराजित कर देंगे ॥ ५६ ॥ शाल्वने कहा—हे यवनराज ! राजाओंमें सूर्यके समान तेजस्वी महात्मा जरासन्धने सब राजाओंके हितके लिए जो कुछ कहा था, वह मैंने आपको कह सुनाया । अब आप अपने मन्त्रियोंसे परामर्श करके जो उचित समझिये सो करिए ॥ ५७ ॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५४ ॥

वाचाऽशरीरेण स्वयं लोकपितामहः ॥ ४८ ॥ प्रहर्तव्यो न राजाऽयमवध्योऽयं तवानघ ॥ कल्पितोऽस्य वधोऽन्यस्माद्विरमस्व हलायुध ॥ ४९ ॥
श्रुत्वाऽहं तेन वाक्येन चिन्ताविष्टो निवर्तितः ॥ सर्वप्राणहरं घोरं ब्रह्मणा स्वयमीरितम् ॥ ५० ॥ तेनाहं वः प्रवक्ष्यामि नृपाणां हितकाम्यया ॥
श्रुत्वा त्वमेव राजेन्द्र कर्तुमर्हसि तद्वचः ॥ ५१ ॥ तपसोग्रेण महता पुत्रार्थी तोष्य शंकरम् ॥ प्राप्तवान्नरदेवं त्वामवध्यं माथुरैर्जनैः ॥ ५२ ॥ महा-
मुनिश्चायसचूर्णमश्नन्नुपस्थितो द्वादशवार्षिकं व्रतम् ॥ सुरासुरैः संस्तुतपादपङ्कजः स लब्धवानीप्सितकामसम्… ॥५३॥ तपोबलाद्गार्ग्यमुनेर्महात्मनो
वरप्रभावाच्छकलेन्दुमौलिनः ॥ भवन्तमासाद्य जनार्दनो हिमं विलीयते भास्कररश्मिना यथा ॥ ५४ ॥ यतस्त्व राज्ञां वचनप्रचोदितो व्रजस्य यात्रां
विजयाय केशवम् ॥ प्रविश्य राष्ट्रं मथुरां च सेनया निहत्य कृष्णं प्रथयन्स्वकं यशः ॥ ५५ ॥ माथुरो वासुदेवोऽयं बलदेवः सबान्धवः ॥ तौ
विजेष्यसि संग्रामे गत्वा तां मथुरां पुरीम् ॥ ५६ ॥ शाल्व उवाच ॥ इत्येवं नरपतिभास्करप्रगीतं वाक्यं ते कथितमिदं हितं नृपाणाम् ॥ तत्सर्वं सह
सचिवैर्विमृश्य बुद्ध्या यद्युक्तं कुरु मनुजेन्द्र चात्मनिष्ठम् ॥५७॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं कथयमानं तं शाल्वराजं नृपाज्ञया ॥ उवाच परमप्रीतो यवनाधिपतिर्नृपः ॥ १ ॥ कालयवन उवाच ॥ धन्योऽस्म्य-
नुगृहीतोऽस्मि सफलं जीवितं मम ॥ कृष्णनिग्रहहेतोर्यन्नियुक्तो बहुभिर्नृपैः ॥ २ ॥ दुर्जयस्त्रिषु लोकेषु सुरासुरगणैरपि ॥ तस्य निग्रहहेतोर्मामत्रभार्य

(कालयवनकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! शाल्वके मुखसे यह समाचार सुनते ही यवनाधिपति कालयवन परम प्रसन्न हो और उन्हें सम्बोधित करके बोला—॥१॥ राजन् ! उन बहुतसे राजाओं द्वारा कृष्णके साथ संग्राम करनेके कार्यपर नियुक्त किये जानपर मैं अपनेको धन्य और परम अनुगृहीत मानता हूँ । आज मेरा जीवन सार्थक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो गया ॥२॥ जो व्यक्ति सारी त्रिलोकीके देवताओं और दैत्यों द्वारा भी दुर्जय हो रहा है, उसे रणभूमिमें परास्त करनेके लिए राजाओंने प्रसन्न मनसे मुझे नियुक्त किया है तो निश्चित रूपसे मुझे विजय प्राप्त होगी ॥३॥४॥ उन्होंने जो निश्चय किया है, मैं वही करूँगा। इस युद्धमें यदि मैं पराजित भी हो जाऊँ तो वह विजय ही कहलायेगी ॥ ५ ॥ आज तिथि नक्षत्र करण और मुहूर्त सभी उत्तम हैं। अतएव मैं आज ही कृष्णपर विजय प्राप्त करनेके लिए मथुराकी यात्रा कर दूँगा ॥ ६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कालयवनने शाल्वसे ऐसा कहकर यथोचित सत्कार करके उन्हें बहुमूल्य मणि और आभूषण अर्पण किया ॥७॥ तदनन्तर यात्रासिद्धिके लिए उसने ब्राह्मणों और पुरोहितोंका बहुतेरा धन देना आरम्भ किया ॥८॥ तत्पश्चात् अग्निमें विधिवत् हवन करके विविध प्रकारके मांगलिक कार्य सम्पन्न किया और श्रीकृष्ण भगवानको परास्त करनेके लिए चल पड़ा ॥९॥ हे भरतश्रेष्ठ जनमेजय ! राजा शाल्वने

जयाशिषम् ॥ ३ ॥ प्रहृष्टे राजसिंहैस्तैरवधार्यो जयो मम ॥ तेषां वाचाऽम्बुवर्षेण विजयो मे भविष्यति ॥ ४ ॥ करिष्ये वचनं तेषां नृपसत्तमचोदितम् ॥ पराजयोऽपि राजेन्द्र जयेन सदृशो मम ॥ ५ ॥ अद्यैव तिथिनक्षत्रं मुहूर्तं करणं शुभम् ॥ यास्यामि मथुरां राजन्विजेतुं केशवं रणे ॥ ६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमाभाष्य राजानं सौभस्य पतिमूर्जितम् ॥ सत्कृत्य त यथान्यायं महार्हमणिभूषणैः ॥ ७ ॥ ब्राह्मणेभ्यो ददौ वित्तं सिद्धादेशाय वै नृपः ॥ पुरोहिताय राजेन्द्र प्रददौ बहुशो धनम् ॥८॥ हुत्वाग्निं विधिवद्राजा कृतकौतुकमंगलः ॥ प्रस्थानं कृतवान्सम्यग्जेतुकामो जनार्दनम् ॥ ९ ॥ शाल्वोऽपि भरतश्रेष्ठ कृतार्थो हृष्टमानसः ॥ यवनेन्द्रं परिष्वज्य जगाम स्वपुरं नृपः ॥ १० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कालयवनवाक्यं नाम पञ्चपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५५ ॥

जनमेजय उवाच ॥ विदर्भनगराद्याते शक्रतुल्यपराक्रमे ॥ किमर्थं गरुडो नीतः किं च कर्म चकार सः ॥ १ ॥ न चारुरोह भगवान्वैनतेयं महाबलम् ॥ एतन्मे संशयं ब्रह्मन्ब्रूहि तत्त्वं महामुने ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु राजन्सुपर्णेन [illegible] कर्माणि [illegible] ॥ विदर्भनगरीं गत्वा वैनतेयो महाद्युतिः ॥ ३ ॥ असंप्राप्ते च नगरीं मथुरां मधुसूदने ॥ मनसा चिन्तयामास वैनतेयो महाद्युतिः ॥ ४ ॥ यदुक्तं देवदेवेन नृपाणामग्रतः प्रभो ॥ यास्यामि मथुरां रम्यां भोजराजेन पालिताम् ॥ ५ ॥ इति तद्वचनस्यान्ते गमिष्येति विचिन्तयन् ॥ कृताञ्जलिपुटः श्रीमान्प्रणिपत्याब्रवी-

भी कृतकृत्य होकर यवनराजको आलिङ्गन किया और वहाँसे अपने नगरको प्रस्थान कर दिया ॥१०॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां पंचपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥५५॥

(कालयवनका मथुरा आगमन) जनमेजय बोले—हे द्विजवर्य ! इन्द्रके सदृश पराक्रमी गरुड़ जब विदर्भनगरसे चल पड़े, तब भगवान कृष्णने उनको अपने साथ क्यों रक्खा ? और साथ रहकर उन्होंने कौनसा कार्य किया ? ॥ १ ॥ उस समय भगवान कृष्ण उनपर आरूढ़ क्यों नहीं हुए ? मुझे यह संशय है। कृपया आप इसका कारण बतलाइए ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! विनतानन्दन गरुड़ने विदर्भनगरसे लौटकर जो लोकोत्तर कार्य किये, उन्हें मैं बता रहा हूँ। सुनिए—॥ ३ ॥ महामति मधुसूदन भगवानने राजाओंके समक्ष कहा—"अब मैं भोजराज द्वारा परिपालित मथुरा नगरी जा रहा हूँ।" यह बात कही तो परम बुद्धिमान् गरुड़ने अपने मनमें सोचा कि 'अब मैं भी चल पड़ूँ'। तदनुसार उन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हाथ जोड़कर भगवानको प्रणाम किया और कहने लगे—हे देव ! अब मैं नन्दनवनके समान सुन्दर, अतिविस्तीर्ण और रैवतक पर्वतपर स्थित कुशस्थली नगरीको जा रहा हूँ ॥ ४–७ ॥ पर्वत तथा समुद्रके तटपर उस नगरीको रुक्मीने बसाया है। वहाँ वृक्षों, गुल्मों और लताओंकी अधिकता है और पुष्पोंके केसरकी सुगन्धि चारों ओर व्याप्त रहती है ॥८॥ बड़े-बड़े हाथी सर्प, भालू, वानर, वराह, महिष और मृग आदि वनपशु वहाँ बहुत बड़ी संख्यामें रहा करते हैं ॥ ९ ॥ अतएव मैं उसे चारों ओरसे देखकर, यदि वह नगरी आपके रहने योग्य जँची तो वहाँकी सब बाधाओंको दूर करके आपके पास लौट आऊँगा ॥१०॥ वैशम्पायन बोले——बलवान् पक्षिराज गरुड़ने भगवान कृष्णसे ऐसा कहकर प्रणाम किया और पश्चिम दिशाकी ओर चल पड़े ॥ ११ ॥ इधर श्रीकृष्ण भ यादवोंके साथ मथुरापुरीमें प्रविष्ट हुए। उस समय उनके स्वागतार्थ महाराज उग्रसेन, नगरवासी तथा वेश्यायें नगरसे निकल पड़ीं और विधिवत्

दिदम् ॥ ६ ॥ गरुड उवाच ॥ देव यास्यामि नगरीं रैवतस्य कुशस्थलीम् ॥ रैवतं च गिरिं रम्यं नन्दनप्रतिमं वनम् ॥ ७ ॥ रुक्मिणोद्वासितां रम्यां शैलोदधितटाश्रयाम् ॥ वृक्षगुल्मलताकीर्णां पुष्परेणुविभूषिताम् ॥ ८ ॥ गजेन्द्रभुजगाकीर्णामृक्षवानरसेविताम् ॥ वराहमहिषाक्रान्तां मृगयूथैरनेकशः ॥ ९ ॥ तां समन्तात्समालोक्य वासार्थं ते क्षमां क्षमा ॥ यदि स्याद्भवतो रम्या प्रशस्ता नगरीति च ॥ कण्टकोद्धरणं कृत्वा आगमिष्ये तवान्तिकम् ॥ १० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं विज्ञाप्य देवेशं प्रणिपत्य जनार्दनम् ॥ जगाम पतगेन्द्रोऽपि पश्चिमाभिमुखो बली ॥ ११ ॥ कृष्णोऽपि यदुभिः सार्द्धं विवेश मथुरां पुरीम् ॥ स्वैरिण्य उग्रसेनश्च नागराश्चैव सर्वशः ॥ प्रत्युद्गम्यार्चयन्कृष्णं प्रहृष्टजनसंकुलम् ॥ १२ ॥ जनमेजय उवाच ॥ श्रुत्वाऽभिषिक्तं राजेन्द्रं बहुभिर्वसुधाधिपैः ॥ किं चकार महाबाहुरुग्रसेनो महीपतिः ॥ १३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुत्वाऽभिषिक्तं राजेन्द्रं बहुभिः पार्थिवोत्तमैः ॥ इन्द्रेण कृतसंधानं दूतं चित्रांगदं कृतम् ॥ १४ ॥ एकैकं नृपतेर्भागं शतसाहस्रसंमितम् ॥ गजेन्द्रे त्वर्बुदं दत्तं मानवेषु च वै दश ॥ १५ ॥ ये तत्र समनुप्राप्ता न रिक्तास्ते गृहं गताः ॥ शङ्खो यादवरूपेण प्रददौ हरिचिन्तितम् ॥ १६ ॥ एवं निधिपतिः श्रीमान्देवतैरनुमोदितः ॥ इति श्रुत्वात्मिकजनाल्लोकप्रावृत्तिकान्नरात् ॥ १७ ॥ चकार महतीं पूजां देवतायतनेष्वपि ॥ वसुदेवस्य भवने तोरणोभयपा-

सम्वर्धना करने लगीं। भगवानके आगमनसे वहाँके सभी नागरिक बहुत प्रसन्न थे ॥ १२ ॥ जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! 'बहुतेरे राजाओंने एकत्र होकर श्रीकृष्णका राज्यपदपर अभिषेक किया है।' यह समाचार सुनकर राजा उग्रसेनने क्या किया ? ॥१३॥ वैशम्पायनने कहा—हे महाराज ! देवराज इन्द्रने चित्रांगदको दूतरूपमें भेजकर पहले ही कहला दिया था। इस कारण सैकड़ों और हजारों राजाओंने एकत्र होकर भगवान कृष्णका राज्यपदपर अभिषेक किया था ॥ १४ ॥ उस समय देवताओंकी अनुमतिसे निधिपति शंखने यादवका रूप धारण करके वहाँपर जितने राजे तथा अन्यान्य जनसाधारणके लोग उपस्थित थे, उनमें मण्डलेश्वर राजाओंको सौ सहस्र और चक्रवर्तियोंमेंसे प्रत्येकको दस-दस सहस्र मुद्रायें प्रदान कीं ॥१५॥ वहाँ गये हुए लोगोंमेंसे किसीको खाली हाथ नहीं लौटना पड़ा। इस समाचारका सही-सही पता लगानेवाले दूतोंके विदर्भनगरसे लौटनेपर यथार्थरूपसे सब बातें सुनकर महाराज उग्रसेनने मथुरा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रत्येक देवमन्दिरमें समारोहके साथ पूजन कराया। वसुदेवके महलके द्वारसे लेकर भवनतक दोनों बगल नर्तकोंका नृत्य-गीत होने लगा। विचित्र वस्त्रोंसे विभूषित कंसकी राजसभाके चारों ओर विविध वर्णोंकी पताकायें फहरायी गयीं ॥ १६–२० ॥ नगरद्वार, पुरद्वार और सारा राजप्रासाद सुधाधवलित हो उठा ॥ २१ ॥ चारों ओर पुष्पमालायें टाँगी गयीं और स्थान-स्थानपर पूर्ण कुम्भ स्थापित किये गये। नाच-गाने होने और बाजे बजने लगे ॥ २२ ॥ राजमार्गपर चन्दनमिश्रित जलका छिड़काव करके बहुमूल्य वस्त्र बिछाये गये ॥ २३ ॥ राजमार्गकी दोनों ओर धूप, चन्दन, अगर, गुड़, सर्जरस और गूगुल सुलगायी गयी ॥ २४ ॥ वृद्धा स्त्रियोंका समुदाय स्तुति करता हुआ मगल गीत गाने लगा। साधारण स्त्रियाँ अर्घ्य अर्पण करके अपने-अपने स्थानोंपर ही खड़ी होकर प्रतीक्षा करने लगीं ॥ २५ ॥ बुद्धिमान् उग्रसेन इस प्रकार सारे नगरको आनन्दमग्न करते हुए वसुदेवके भवन गये और भगवानके

श्वतः ॥ १८ ॥ नटानां नृत्यगेयानि वाद्यानि च समन्ततः ॥ पताकाध्वजमालाढ्यां कारयामास वै नृपः ॥ १९ ॥ कंसराजस्य च सभां विचित्राम्बरसुप्रभाम् ॥ पताका विविधाकारा दापयामास भोजराट् ॥२०॥ तोरणं गोपुरं चैव सुधापङ्कानुलेपनम् ॥ कारयामास राजेन्द्रो राजेन्द्रस्यासनालयम् ॥ २१ ॥ नटानां नृत्यगेयानि वाद्यानि च समन्ततः ॥ पताका वनमालाढ्याः पूर्णकुम्भाः समंततः ॥ २२ ॥ राजमार्गेषु राजेन्द्र चन्दनोदकसेचितम् ॥ वस्त्राभरणकं राजा दापयामास भूतले ॥ २३ ॥ धूपं पार्श्वोभये चैव चंदनागुरुगुग्गुलैः ॥ गुडं सर्जरसं चैव दह्यमानं ततस्ततः ॥२४॥ वृद्धस्त्रीजनसंघैश्च गायद्भिः स्तुतिमङ्गलम् ॥ अर्घं कृत्वा प्रतीक्षन्ते स्वेषु स्थानेषु योषितः ॥२५॥ एवं कृत्वा पुरानन्दमुग्रसेनो नराधिपः ॥ वसुदेवगृहं गत्वा प्रियाख्यानं निवेद्य च ॥ २६ ॥ रामेण सह संमन्त्र्य निर्गतो रथमन्तिकम् ॥ तस्मिन्नेवान्तरे राजञ्छङ्खध्वनिरभून्महान् ॥ २७ ॥ पाञ्चजन्यस्य निनदं श्रुत्वा मधुरवासिनः ॥ स्त्रियो वृद्धाश्च बालाश्च सूता मागधबन्दिनः ॥ २८ ॥ विनिर्ययुर्महासेना रामं कृत्वाऽग्रतो नृप ॥ अर्घं पाद्यं पुरस्कृत्य उग्रसेनेन धीमता ॥ २९ ॥ दृष्टिपन्थानमासाद्य उग्रसेनो महीपतिः ॥ अवतीर्य रथाच्छुभ्रात्पादमार्गेण चाग्रतः ॥ ३० ॥ दृष्ट्वाऽऽसीनं रथे रम्ये दिव्यरत्नविभूषितम् ॥ अंगेष्वाभरणं चैव दिव्यरत्नप्रभायुतम् ॥ ३१ ॥ वनमालोरसं दिव्यं तपन्तमिव भास्करम् ॥ चामरं व्यजनं छत्रं खगेन्द्रध्वजमुच्छ्रितम् ॥ ३२ ॥ राजलक्षणसंपूर्णमासन्नार्कमिवोज्ज्वलम् ॥ श्रियाऽभिभूतं देवेशं दुर्निरीक्ष्यतरं हरिम् ॥ ३३ ॥ दृष्ट्वा

आगमनका प्रिय समाचार सुनाया ॥२६॥ वहाँ कुछ देर मन्त्रणा करके वे बलरामके साथ अन्तःपुरसे बाहर रथके पास आये। हे राजन्! उस समय एकाएक बड़े जोरसे शंखध्वनि होने लगी ॥ २७ ॥ भगवानके पाञ्चजन्य शखकी ध्वनि सुनकर आबाल-वृद्ध-वनिता सभी मथुरावासी नागरिक, सूत, मागध और वन्दीजन अन्तःपुरसे बाहर आये। तदनन्तर उग्रसेन और बलराम अर्घ्य-पाद्य लेकर सेनाके साथ सबके आगे-आगे चले ॥ २८ ॥ २९ ॥ दूरसे ही भगवान कृष्णको देखकर उग्रसेन रथसे उतर पड़े और पैदल ही राजमार्गपर चलने लगे ॥ ३० ॥ महाराज उग्रसेनने देखा कि दिव्यरत्नोंसे अलंकृत भगवान कृष्ण एक रमणीक रथपर विराजमान हैं। उनके अङ्गोंमें मणिखचित दिव्य अलंकार सुशोभित हो रहे हैं ॥ ३१ ॥ उनके वक्षःस्थलपर वनमाला और दोनों बगल छत्र, चमर और व्यजन विद्यमान हैं। अपने तेजसे वे सूर्यके समान तेजस्वी दीख रहे हैं। उनके रथकी ध्वजापर गरुड़का चिह्न बना हुआ है ॥ ३२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विविध राजलक्षणोंसे सम्पन्न होनेके कारण उनके शरीरकी दीप्ति सूर्यके समान अतिशय उज्ज्वल रूप धारण किये हुए है। राजा उग्रसेन भगवानका वह दुर्निरीक्ष्य स्वरूप देखकर हर्षके कारण गद्गद स्वरमें शत्रुनाशन तथा कमललोचन बलरामसे बोले—॥३३॥३४॥ हे महाभाग! रथपर सवार होकर चलना अनुचित समझकर ही मैं उतर पड़ा हूँ। किन्तु आप रथपर ही चलिए। साक्षात् विष्णु भगवान इस समय छद्मवेशमें मथुरा पधारे हैं। राजाओंके द्वारा मैंने उनका विशेष परिचय प्राप्त कर लिया है। अतः तो सब तरहसे मेरी यही इच्छा हो रही है कि इनकी स्तुति करने लग जाऊँ। यह सुनकर श्रीकृष्णके बड़े भ्राता बलरामने कहा—॥ ३५–३७ ॥ हे महात्मन्। इस समय रास्तेमें उनकी स्तुति करना उचित नहीं है। और फिर भगवान तो बिना स्तुतिके ही आपपर प्रसन्न हैं ॥ ३८ ॥ अतएव स्वतः तुष्ट व्यक्तिकी स्तुति करनेका क्या प्रयोजन? उनके समक्ष आनेसे ही आपकी स्तुति पूण हो गयी। वे राजेन्द्र-पदपर अभिषिक्त होकर आपके घर आ उपस्थित हुए हैं ॥ ३९ ॥ जिनकी अमानवीय और दिव्य स्तुतियोंसे स्तुति हो चुकी है, उनकी अब आप क्या स्तुति करेंगे? उग्रसेन और बलदेव

स राजा राजेन्द्र हर्षगद्गदया गिरा ॥ बभाषे पुण्डरीकाक्षं रामं बलनिषूदनम् ॥ ३४ ॥ रथेन न मया गन्तुं युक्तपूर्वेति चिन्त्य वै ॥ अवतीर्णो महाभाग गच्छ त्वं स्यन्दनेन च ॥ ३५ ॥ विष्णुना छद्मरूपेण गत्वेमां मथुरां पुरीम् ॥ अनुप्रकाशितात्मानं देवेन्द्रत्वं नृपार्णवे ॥ ३६ ॥ तमहं स्तोतुमिच्छामि सर्वभावेन केशवम् ॥ प्रत्युवाच महातेजा राजानं कृष्णपूर्वजः ॥ ३७ ॥ न युक्तं नृपते स्तोतुं व्रजन्तं देवसत्तमम् ॥ विना स्तोत्रेण संतुष्टस्तव राजञ्जनार्दनः ॥ ३८ ॥ तुष्टस्य स्तुतिना किं ते दर्शनेन तव स्तुतिः ॥ राजेन्द्रत्वमनुप्राप्य आगतस्तत्र वेश्मनि ॥ ३९ ॥ न त्वया स्तुतवान्राजन्दिव्यैः स्तोत्रैरमानुषैः ॥ एवमाब्रुवमाणौ तौ संप्राप्तौ केशवान्तिकम् ॥४०॥ अर्घोद्यतभुजं दृष्ट्वा स्थापयित्वा रथोत्तमम् ॥ उवाच वदतां श्रेष्ठ उग्रसेनं नराधिपम् ॥ ४१ ॥ यन्मया चाभिषिक्तस्त्वं मथुरेशो भवत्विति ॥ न युक्तमन्यथा कर्तुं मथुराधिपते स्वयम् ॥ ४२ ॥ अर्घ्यमाचमनीयं च पाद्यं चास्मै निवेदितम् ॥ न दातुमर्हसे राजन्नेष मे मनसः प्रियः ॥ ४३ ॥ तवाभिप्रायं विज्ञाय ब्रवीमि नृपते वचः ॥ त्वमेव माथुरो राजा नान्यथा कर्तुमर्हसि ॥ ४४ ॥ स्थानभागं च नृपते दास्यामि तव दक्षिणम् ॥ यथा नृपाणां सर्वेषां तथा ते स्थापितोऽग्रतः ॥ ४५ ॥ शतसाहस्रिको भागो वस्त्राभरणवर्जितः ॥ आरुहस्व रथं शुभ्रं चामीकरविभूषितम् ॥ ४६ ॥ चामरं व्यजनं छत्रं ध्वजं च मनुजेश्वर ॥ दिव्याभर-

परस्पर इस प्रकार वार्तालाप करते हुए भगवानके निकट जा पहुँचे ॥ ४० ॥ इधर श्रीकृष्णने महाराज उग्रसेनको हाथमें अर्घ्य लिये हुए खड़े देखकर तुरन्त रथ रोक दिया और कहा—॥ ४१ ॥ राजन्! मैंने जो आपको 'मथुराधिपति' कहकर अभिषेक किया है, स्वयं उसके विपरीत आचरण करना उचित नहीं है ॥४२॥ मुझे अर्घ्य, पाद्य और आचमनीय प्रदान करना आपका कर्तव्य नहीं है और मैं यह सब चाहता भी नहीं ॥ ४३ ॥ हे राजन्! आपका अभिप्राय समझकर ही मैं ऐसा कहता हूँ। आप मथुराराज्यके राजा हैं। अतएव आपको राजाके विपरीत कर्म नहीं करना चाहिए ॥४४॥ मैं राजोपयोगी धनांश दूँगा। जिस प्रकार अन्यान्य राजाओंको मैंने एक लाख स्वर्णमुद्रा दी है, उसी प्रकार आपके लिए भी वस्त्राभूषणके साथ लक्ष स्वर्णमुद्राका कोष पहले हीसे अलग कर दिया है। आप शीघ्र स्वर्णविमण्डित रथपर आरूढ़ हों ॥४५॥४६॥ छत्र, चमर, व्यजन, ध्वजा और दिव्यालंकारोंसे अलंकृत तथा सूर्यसदृश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0: In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रभासे सम्पन्न मुकुट धारण करके पुत्र-पौत्र आदिसे द्वारा प्रमुदित होते हुए इस मथुरापुरीका पालन करिए ॥४७॥४८॥ आप सब शत्रुओंको परास्त करके भोजवंशका गौरव बढ़ाइए। देवराज इन्द्रने आर्य बलरामके लिए दस सहस्र स्वर्णमुद्रा सूत-मागध तथा वन्दीजनोंमेंसे प्रत्येक व्यक्तिके लिए हजार और वृद्धों तथा स्त्रियोंके लिए सौ-सौ स्वर्णमुद्रायें भेजी हैं ॥४९-५२॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान कृष्ण मथुरावासियों तथा सेनाके समक्ष मथुरापति उग्रसेनकी इस प्रकार पूजा करके महान् आनन्दके साथ मथुरापुरीमें प्रविष्ट हुए। दिव्य माल्य और दिव्य चन्दन धारण किये हुए श्रीकृष्ण स्वर्गमें देवताओंसे परिवेष्टित इन्द्रके समान सुशोभित हुए ॥५३॥५४॥ उस समय भेरी, पटह, शख तथा दुन्दुभीके निनाद, हाथियोंके चिंघाड़, घोड़ोंकी हिनहिनाहट, वीरोंके सिंहनाद और रथोंकी घड़घड़ाहटसे अन्तरिक्षमें मेघगर्जनके समान घोरतर निनाद होने लगा ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ चारों ओर वन्दीजन स्तुति पाठ करने लगे और

णसंयुक्तं मुकुटं भास्करप्रभम् ॥ ४७ ॥ धारयस्व महाभाग पालयस्व पुरीमिमाम् ॥ पुत्रपौत्रैः प्रमुदितो मथुरां परिपालय ॥ ४८ ॥ जित्वाऽरिग-
णसंघांश्च भोजवंशं विवर्द्धय ॥ देवदेवाद्यनन्ताय शौरिणे वज्रपाणिना ॥ ४९ ॥ प्रेषितं देवराजेन दिव्याभरणमम्बरम् ॥ माथुराणां च सर्वेषां भागा
दीनारका दश ॥ ५० ॥ सूतमागधबन्दीनामेकैकस्य सहस्रकम् ॥ वृद्धस्त्रीजनसंघानां गणिकानां शतं शतम् ॥ ५१ ॥ नृपेण सह तिष्ठन्ति विक-
द्रुप्रमुखाश्च ये ॥ दशसाहस्रिको भागस्तेषां धात्रा प्रकल्पितः ॥ ५२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं संपूज्य राजानं माथुराणां चमूमुखे ॥ कृत्वा
सुमहदानन्दां मथुरां मधुसूदनः ॥ ५३ ॥ दिव्याभरणमाल्यैश्च दिव्याम्बरविलेपनैः ॥ दीप्यमानः समन्ताच्च देवा इव त्रिविष्टपे ॥ ५४ ॥ भेरीपट-
हनादेन शंखदुन्दुभिनिःस्वनैः ॥ बृंहितेन च नागानां हयानां हेषितेन च ॥ ५५ ॥ सिंहनादेन शूराणां रथनेमिस्वनेन च ॥ तुमुलः सुमहानासी-
न्मेघनाद इवाम्बरे ॥ ५६ ॥ बंदिभिः स्तूयमानं च नमश्चक्रुरपि प्रजाः ॥ दत्त्वा दानमनन्तं च न ययौ विस्मयं हरिः ॥ ५७ ॥ स्वभावोन्नतभाव-
त्वाद्दृष्टपूर्वात्ततोऽधिकम् ॥ अनहंकारभावाच्च विस्मयं न जगाम ह ॥ ५८ ॥ दीप्यमानं स्ववपुषा आयान्तं भास्करप्रभम् ॥ दृष्ट्वा मथुरवासिन्यो
नमश्चक्रुः पदे पदे ॥ ५९ ॥ एष नारायणः श्रीमान्क्षीरार्णवनिकेतनः ॥ नागपर्यङ्कमुत्सृज्य प्राप्तोऽयं मथुरां पुरीम् ॥ ६० ॥ बद्ध्वा बलिं महावीर्यं
दुर्जयं त्रिदशैरपि ॥ शक्राय प्रददौ राज्यं त्रैलोक्यं वज्रपाणये ॥ ६१ ॥ हत्वा दैत्यगणान्सर्वान्कंसं च बलिनां वरम् ॥ भोजराजाय मथुरां दत्त्वा

प्रजाजनोंने प्रणाम किया। महात्मा श्रीकृष्ण अनन्त और अपार धनदान दे करके भी कुछ विस्मित नहीं हुए। क्योंकि अमायिकता तथा मनस्वितागुणके कारण उनके मनमें तनिक भी विकार नहीं आ पाता था ॥५७॥५८॥ उनके दिवाकर सदृश दीप्त देहकी प्रभासे सभी दिशायें देदीप्यमान हो उठीं। वे धीरे-धीरे ज्यों-ज्यों नगरमें आगे बढ़ने लगे, त्यों-त्यों पुरवासीगण उनके प्रत्येक पदक्षेपपर नमस्कार करते हुए कहने लगे—॥ ५९ ॥ ये क्षीरसागरशायी विष्णु भगवान नागशय्या त्यागकर मथुरापुरीमें आ गये हैं ॥ ६० ॥ इन्होंने ही देवदुर्जय बलिको बाँधकर देवराज इन्द्रको त्रिलोकीका राज्य अर्पण किया था ॥ ६१ ॥ इन्हीं केशीनाशन कृष्ण भगवानने बलवान् कंस तथा अन्यान्य दैत्योंका वध करके भोजराज उग्रसेनको मथुराराज्यके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राज्यसिंहासनपर अभिषिक्त किया है ॥६२॥ राज्यकी कामनासे ये स्वयं कभी भी अभिषिक्त नहीं हुए और न कभी राज्यसिंहासनपर ही बैठे, किन्तु अब राजेन्द्रपद प्राप्त करके मथुरा आये हुए हैं ॥ ६३ ॥ हे महाराज ! सूत, मागध और वन्दीजन पुरवासियोंके इन वचनोंको सुनकर कहने लगे— ॥६४॥ हे गुणसागर ! हमलोग मनुष्य हैं। तब एक सामान्य जिह्वासे आपके प्रभाव तथा उत्साहसम्पन्न गुणोंको विशदरूपमें कैसे वर्णन कर सकेंगे ? ॥ ६५ ॥ हमीं क्या, अनन्तदेव वासुकी भगवान अपनी दो हजार जीभोंसे भी आपके गुणोंका वर्णन कर सकेंगे या नहीं—इसमें सन्देह है ॥६६॥ संसारमें कभी ऐसी अद्भुत घटना नहीं घटी और न भविष्यमें ही घटेगी। कभी किसीने ऐसी बात न आँखसे देखी और न कानसे सुनी ही है कि किसीके लिए देवराज इन्द्रके पाससे सिंहासन, देवसभा और जलपूर्ण कलश आया हो ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ अतएव जिसने आप देवश्रेष्ठको गर्भमें धारण किया, वह स्त्रीरत्न महाभागा देवकी धन्य है

केशिनिषूदनः ॥ ६२ ॥ नाभिषिक्तः स्वयं राज्ये न चासीनो नृपासने ॥ राजेन्द्रत्वं च संप्राप्य मथुरामाविशत्ततः ॥ ६३ ॥ एवमन्योन्यसञ्जल्पं श्रुत्वा पुरनिवासिनाम् ॥ बन्दिमागधसूतानामिदमूचुर्गणाधिपाः ॥ ६४ ॥ किं वा शक्यामहे वक्तुं गुणानां ते गुणोदधे ॥ मानुषेणैकजिह्वेन प्रभावोत्साहसंभवान् ॥ ६५ ॥ स तत्र भोगी नागेन्द्रः कदाचिदेव बुद्धिमान् ॥ द्विसाहस्रेण जिह्वेन वासुकिः कथयिष्यति ॥ ६६ ॥ किं त्वद्भुतमिदं लोके मानवेन्द्रेषु भूतले ॥ न भूतं न भविष्यं च शक्रादासनमागतम् ॥ ६७ ॥ सभावतरणं चैव कलशैरागतं स्वयम् ॥ न श्रुतं न च दृष्टं वा तेन मन्यामहेऽद्भुतम् ॥ ६८ ॥ धन्या देवी महाभागा देवकी योषितां वरा ॥ भवन्तं त्रिदशश्रेष्ठं धृत्वा गर्भेण केशवम् ॥ ६९ ॥ कृष्णं पद्मपलाशाक्षं श्रीपुञ्जममराचितम् ॥ नेत्राभ्यां स्नेहपूर्णाभ्यां वीक्षते मुखपङ्कजम् ॥ ७० ॥ इति सञ्जल्पमानानां शृण्वन्तौ पृथगीरितम् ॥ उग्रसेनं पुरस्कृत्य भ्रातरौ रामकेशवौ ॥ ७१ ॥ प्राकारद्वारि संप्राप्तावर्चयामास वै तदा ॥ अर्घ्यमाचमनं दत्त्वा पाद्यं पाद्येति चाब्रवीत् ॥ ७२ ॥ उग्रसेनस्ततो धीमान्केशवस्य रथाग्रतः ॥ प्रणम्य शिरसा कृष्णं गजमारुह्य वीर्यवान् ॥ घनवत्तोयधारेण ववर्ष कनकाम्बुभिः ॥ ७३ ॥ धनौघैर्वर्षमाणस्तु संप्राप्तः पितृवेश्मनि ॥ मथुराधिपतिं श्रीमानुवाच मधुसूदनः ॥ ७४ ॥ राजेन्द्रत्वमनुप्राप्य युक्तं मे नृपवेश्मनि ॥ स्थापितुं देवराजेन दत्तं सिंहासनं प्रभो ॥ ७५ ॥ नेष्यामि मथुरेशस्य सभां भुजबलार्जिताम् ॥ प्रसादयिष्ये भगवन्न कोपं कर्तुमर्हसि ॥ ७६ ॥ देवकी वसुदेवश्च रोहिणी च

॥ ६९ ॥ क्योंकि कमलनयन, शोभाधाम एवं देवताओं द्वारा पूजित आपके मुखकमलको वे अपने स्नेहपूर्ण नयनोंसे निहारा करती हैं ॥७०॥ हे महाराज ! बलराम तथा श्रीकृष्ण दोनों भाई राजा उग्रसेनके साथ इस तरह नाना प्रकारकी प्रशंसाभरी बातें सुनते हुए नगरके द्वारपर पहुँचे। तब अर्घ्य, पाद्य और आचमनीय अर्पण करके प्रणाम करते हुए महाराज उग्रसेन एक हाथीपर चढ़ गये और मेघकी जलधाराके समान सुवर्णकी वर्षा करने लगे ॥७१-७३। इस प्रकार सुवर्णवर्षाके बीच चलते हुए भगवान् कृष्ण अपने पिता वसुदेवके भवनके समीप पहुँचकर मथुरापति उग्रसेन कहने लगे—॥७४॥ हे आर्य ! देवराज इन्द्रने मेरे अभिषेकके समय जो राजसिंहासन प्रदान किया था, उसे अभी मैं अपने पिताके भवनमें ही रक्खूँगा और कुछ समय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाद आपकी सभामें रख दूँगा । इस विषयमें मैं प्रार्थना करूँगा कि आप कुपित न हों ॥७५॥७६॥ उस समय देवकी, वसुदेव और रोहिणी मारे हर्षके उन्मत्त और किंकर्तव्यविमूढ हो गये हैं । अतएव ये कुछ नहीं कर सकते ॥ ७७ ॥ हे महाराज ! इसके बाद कंसकी माताने देश-कालकी स्थितिके अनुसार भगवान कृष्णकी पूजा की और कंस द्वारा विविध देशोंसे लाया हुआ सारा धन उनके श्रीचरणोंमें अर्पित कर दिया। तब भगवान कृष्ण उग्रसेनको सम्बोधित करके बहुत ही मधुर वाणीमें बोले—॥७८॥७९॥ हे महाराज ! न मैं मथुराका राज्य चाहता हूँ और न मुझे धनकी ही अभिलाषा है । इन्हें पानेके लिए मैंने कंसका वध नहीं किया था, बल्कि कालवश ही उनका निधन हो गया था ॥८०॥ अब आप विविध प्रकारके यज्ञ करें, विपुल धन दान दें और मेरे बाहुबलसे अपने शत्रुओंपर विजय प्राप्त करें ॥८१॥ कंसविनाशजनित सन्ताप त्याग दें । जो धन आपने मुझे दिया है, उसे आपको लौटा रहा हूँ । सो स्वीकार करिए ॥८२॥ राजा

विशांपते ॥ न किंचित्करणे शक्ता हर्षक्लमविमोहिताः ॥ ७७ ॥ कंसमाता ततो राजन्नर्चयामास केशवम् ॥ नानादिग्देशजानीतं कंसेनोपार्जितं धनम् ॥ ७८ ॥ देशकालं समालोक्य पादयुग्मे न्यवेदयत् ॥ उग्रसेनं समाहूय उवाच श्लक्ष्णया गिरा ॥ ७९ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ न चाहं मथुराकांक्षी न मया वित्तकांक्षया ॥ घातितस्तव पुत्रोऽयं कालेन निधनं गतः ॥ ८० ॥ यजस्व विविधान् यज्ञान्ददस्व विपुलं धनम् ॥ जयस्व रिपुसैन्यानि मम बाहुबलाश्रयात् ॥ ८१ ॥ त्यजस्व मनसस्तापं कंसनाशोद्भवं भयम् ॥ नयस्व वित्तनिचयं मया दत्तं पुनस्तव ॥ ८२ ॥ इति प्रश्वास्य राजानं कृष्णस्तु हलिना सह ॥ प्रविवेश ततः श्रीमान्मातापित्रोरथांतिकम् ॥८३॥ आनन्दपरिपूर्णाभ्यां हृदयाभ्यां महाबलौ ॥ पितृमात्रोस्तु पादान्वै नमश्चक्रतुरानतौ ॥ ८४ ॥ तस्मिन्मुहूर्ते नगरी मथुरा तु बभूव सा ॥ स्वर्गलोकं परित्यज्यावतीर्णेवामरावती ॥ ८५ ॥ वसुदेवस्य भवनं समीक्ष्य पुरवासिनः ॥ मनसा चिन्तयामासुर्देवलोकं न भूतलम् ॥८६॥ विसृज्य मथुरेशं तु महिषीसहितं तदा ॥ भवनं वसुदेवस्य प्रविश्य बलकेशवौ ॥८७॥ न्यस्तशस्त्रावुभौ वीरौ स्वगृहे स्वैरचारिणौ ॥ ततः कृताह्निकौ भूत्वा सुखासीनौ कथान्तरे ॥ ८८ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु महोत्पातो बभूव ह ॥ बभ्रमुश्च घनाकाशे चेलुश्च भुवि पर्वताः ॥ ८९ ॥ समुद्राः क्षुभिताः सर्वे विभ्रान्तो भोगिनां वरः ॥ कम्पिता यादवाः सर्वे न्युब्जाश्च पतिता भुवि ॥ ९० ॥ तौ तान्निपतितान्दृष्ट्वा रामकृष्णौ तु निश्चलौ ॥ महता पक्षवातेन विज्ञातौ पतगोत्तमम् ॥ ९१ ॥ ददर्श समनुप्राप्तं दिव्यस्रगनुलेपनम् ॥

उग्रसेनको आश्वासन देकर भगवान कृष्ण बलरामके साथ अपने माता-पिताके समीप गये ॥८३॥ दोनोंने उनके सम्मुख पहुँच तथा आनन्दपूर्ण हृदयसे मस्तक झुकाकर माता-पिताके चरणोंकी वन्दना की ॥८४॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो वह पुरी मथुरापुरी नहीं है, बल्कि इन्द्रकी अमरावती पुरी भूतलपर उतर आयी है ॥८५॥ वसुदेवके भवनको देखकर मथुरावासियोंको भान होने लगा कि मानो वे भूलोक त्यागकर देवलोकमें पहुँच गये हैं ॥८६॥ तदनन्तर वे दोनों भाई राजरानी समेत राजा उग्रसेनको पितृभवनसे विदा करके अपने शस्त्रास्त्र यथास्थान रखकर विचरने लगे । कुछ देर बाद सन्ध्या-वन्दन आदि नित्यकृत्यसे निवृत्त होकर दोनों भाई परस्पर वार्तालाप करने लगे ॥८७॥८८॥ इसी समय महान् उत्पातके लक्षण दृष्टिगोचर होने लगे । सहसा आकाशमें बादल उमड़ आये और इधर-उधर उड़ने लगे । पृथिवी और पर्वत डगमगाने लगे । सब समुद्र क्षुब्ध हो उठे । सब दिग्गज घबरा गये । सभी यादवोंका हृदय काँपने लगा और वे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लोग मुँहके बल गिर पड़े ॥ ८९ ॥ ९० ॥ इस स्थितिमें भी कृष्ण और बलराम क्षणभर अविचलित भावसे खड़े होकर देखते रहे। अन्तमें पंखके पवनसे उन्हें ज्ञात हुआ कि पक्षिराज गरुड़ आ रहे हैं ॥ ९१ ॥ तनिक देर बाद उन्होंने देखा कि दिव्य माल्य और दिव्य चन्दनधारी विहगराज गरुड़ आ पहुँचे और दोनों भाइयोंकी चरण-वन्दना करके बैठ गये ॥ ९२ ॥ अपने युद्धसचिव, प्रिय सखा, विपद्बन्धु और धैर्यशाली गरुड़का स्वागत करनेके बाद भगवान कृष्ण बोले—॥ ९३ ॥ हे विनताहृदयनन्दन ! हे केशवप्रिय ! हे पक्षिराज ! मैं आपका स्वागत करता हूँ ॥ ९४ ॥ तदनन्तर अपर देवताकी तरह आसनपर आसीन गरुडसे भगवान कृष्ण स्वस्थ वाणीमें बोले—॥ ९५ ॥ भगवानने कहा —हे पक्षिराज ! हमारा जो मन्तव्य है, उसके विषयमें हमलोग भोजराज उग्रसेनके अन्तःपुरमें चलें और वहीं आनन्दपूर्वक बैठकर मंत्रणा करें ॥ ९६ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! तदनन्तर कृष्ण, बलराम और गरुड़ तीनों भोजराजके भवनमें गये और वहाँ गूढ़ विषयोंपर मंत्रणा करने लगे ॥ ९७ ॥ सर्वप्रथम श्रीकृष्णचन्द्रने कहा—देखिए, ब्रह्माजीके वरदानके प्रभावसे ज़रासन्ध

प्रणम्य शिरसा ताभ्यां सौम्यरूपी कृतासनः ॥ ९२ ॥ तं दृष्ट्वा समनुप्राप्तं सचिवं साम्परायिकम् ॥ धृतिमन्तं गरुत्मन्तमुवाच बलिसूदनः ॥ ९३ ॥ स्वागतं खेचरश्रेष्ठ सुरसेनारिमर्दन ॥ विनताहृदयानन्द स्वागतं केशवप्रिय ॥ ९४ ॥ तमुवाच ततः कृष्णः स्थितं देवमिवापरम् ॥ तुल्यसामर्थ्यया वाचा आसीनं विनतात्मजम् ॥ ९५ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ यास्यामः पतगश्रेष्ठ भोजस्यान्तःपुरं महत् ॥ तत्र गत्वा सुखासीना मन्त्रयामो मनोगतम् ॥ ९६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ प्रविष्टौ तौ महावीर्यौ बलदेवजनार्दनौ ॥ वैनतेयतृतीयौ च गुह्यं मन्त्रमथाब्रुवन् ॥ ९७ ॥ अवध्योऽसौ कृतोऽस्माकं सुमहच्च रिपोर्बलम् ॥ वृतः सैन्येन महता महद्भिश्च नराधिपैः ॥ ९८ ॥ बहुलानि च सैन्यानि हन्तुं वर्षशतैरपि ॥ न शक्ष्यामः क्षयं कर्तुं जरासंधस्य वाहिनीम् ॥ ९९ ॥ अतोऽर्थं वैनतेय त्वां ब्रवीमि मथुरां पुरीम् ॥ वसतोरावयोः श्रेयो न भवेदिति मे मतिः ॥ १०० ॥ गरुड उवाच ॥ देवदेव नमस्कृत्य गतोऽहं भवतोऽन्तिकात् ॥ वासार्थमीक्षिन्तु भूमिं तव देव कुशस्थलीम् ॥ १०१ ॥ गत्वाऽहं खे समास्थाय समन्तादवलोक्य ताम् ॥ दृष्ट्वाऽस्मि विबुधश्रेष्ठ पुरीं लक्षणपूजिताम् ॥ १०२ ॥ सागरानूपविपुलां प्रागुदक्प्लवशीतलाम् ॥ सर्वतोदधिमध्यस्थामभेद्यां त्रिदशैरपि ॥ १०३ ॥ सर्वरत्नाकरवतीं सर्वकामफलद्रुमाम् ॥ सर्वर्तुकुसुमाकीर्णां सर्वतः सुमनोहराम् ॥ १०४ ॥ सर्वाश्रमाधिवासां च सर्वकामगुणैर्युताम् ॥

हमलोगों द्वारा अवध्य हो गया है। उसके पक्षमें बहुतसे राजे हैं, इस कारण उसके पास असंख्य सेना एकत्र हो गयी है। यहाँ तक कि सौ वर्षमें भी हमलोग जरासन्धकी सेनाको नष्ट न कर सकेंगे ॥ ९८ ॥ ९९ ॥ अतएव हे गरुड़ ! मैं आपसे कह रहा हूँ कि अब हम दोनों भाइयोंका मथुरामें रहना ठीक नहीं है ॥ १०० ॥ गरुड़ बोले—हे देवदेव ! उस समय आपको प्रणाम करके मैं आप लोगोंके निवासार्थ उपयुक्त भूमि खोजनेके लिए कुशस्थली चला गया था ॥ १०१ ॥ वहाँ जा और आकाशमें ही रुककर मैंने चारों ओर दृष्टि दौड़ायी तो रैवतक पर्वतके ऊपर सब सुलक्षणोंसे सम्पन्न एक नगरी देखी ॥ १०२ ॥ उस पुरीमें प्रशस्त जलसम्पन्न स्थान है। अतएव वह नगरी मुझे बहुत सुन्दर जँची। विशेषता तो यह है कि उस नगरीके चारों ओर समुद्र है। इस कारण देवता भी उस पुरीका भेदन नहीं कर सकते ॥ १०३ ॥ वहाँ सभी प्रकारके रत्नोंकी खानें हैं। वहाँके वृक्ष अभिलषित फल प्रदान कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सकते हैं। वहाँपर किसी ऋतुके पुष्पोंका अभाव नहीं रहता। अतएव वह स्थान देखनेमें बड़ा सुन्दर लगता है ॥१०४॥ वहाँ सभी आश्रमोंके लोग निवास करते हैं। एक नगरके लिए जिन गुणोंकी आवश्यकता होती हैं, वे सभी गुण वहाँ विद्यमान हैं। वहाँपर सदा स्त्री-पुरुषोंकी भीड़ लगी रहती है। वहाँ सदा बड़े आनन्दके साथ रहा जा सकता है ॥ १०५ ॥ उस नगरीमें स्वर्णमय प्राचीर, परिखा, बहिर्द्वार, अट्टालिका, विचित्र प्राङ्गण, मनोहर मार्ग, विपुल तोरण, चतुष्पथ और विचित्र अर्गलयन्त्र विद्यमान रहते हैं। मनुष्यों तथा हाथियों-घोड़ोंकी तो कोई सीमा नहीं रहती। निरन्तर रथके पहियोंका घर्घर शब्द होता रहता है ॥ १०६ ॥ १०७ ॥ विविध दिशाओं और देशोंकी वस्तुओंको राशि लगी रहती है। वहाँके वृक्ष सदा दिव्य फल-पुष्प प्रदान करते रहते हैं, वहाँ नित्य श्रेणीबद्ध ध्वजा-पताकायें फहराया करती हैं। सभी दिशाओंमें ऊँचे-ऊँचे भवन बने हुए दीखते हैं ॥ १०८ ॥ उस नगरको देख-कर शत्रु सशंक हो उठते हैं और मित्रोंके हर्षकी सीमा नहीं रहती। संसारमें जितने भी राजाओंके नगर हैं, वह उन सबसे उत्तम है ॥ १०९ ॥ इस समय आप उसी सर्वोत्कृष्ट नगरमें

नरनारीसमाकीर्णां नित्यामोदविवर्द्धिनीम् ॥१०५॥ प्राकारपरिखोपेतां गोपुराट्टालमालिनीम् ॥ विचित्रचत्वरपथां विपुलद्वारतोरणाम् ॥१०६॥ यन्त्रा-र्गलविचित्राढ्यां हेमप्राकारशोभिताम् ॥ नरनागाश्वकलिलां रथसैन्यसमाकुलाम् ॥१०७॥ नानादिग्देशजाकीर्णां दिव्यपुष्पफलद्रुमाम् ॥ पताका-ध्वजमालाढ्यां महाभवनशालिनीम् ॥ १०८ ॥ भीषणीं रिपुसङ्घानां मित्राणां हर्षवर्द्धनीम् ॥ मनुजेन्द्राधिवासेभ्यो विशिष्टां नगरोत्तमाम् ॥१०९॥ रैवतं च गिरिश्रेष्ठं कुरु देव सुरालयम् ॥ नन्दनप्रतिमं दिव्यं पुरद्वारस्य भूषणम् ॥ ११० ॥ कारयस्वाधिवासं च तत्र गत्वा सुरोत्तम ॥ कुमारीणां प्रचारश्च सुरमण्यो भविष्यति ॥ १११ ॥ नाम्ना द्वारवती ज्ञेया त्रिषु लोकेषु विश्रुता ॥ भविष्यति पुरी रम्या शक्रस्येवामरावती ॥ ११२ ॥ यदि स्यात्संवृतां भूमिं प्रदास्यति महोदधिः ॥ यथेष्टं विविधं कर्म विश्वकर्मा करिष्यति ॥ ११३ ॥ मणिमुक्ताप्रवालाभिर्वज्रवैदूर्यसप्रभैः ॥ दिव्यैरभिप्राय-युतैर्दिव्यरत्नैस्त्रिलोकजैः ॥११४॥ दिव्यस्तम्भशताकीर्णान्स्वर्गे देवसभोपमान् ॥ जाम्बूनदमयाञ्छुभ्रान्सर्वरत्नविभूषितान् ॥११५॥ दिव्यध्वजपता-काढ्यान्देवगन्धर्वपालितान् ॥ चन्द्रसूर्यप्रतीकाशान्प्रासादान्कारय प्रभो ॥ ११६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं कृत्वा तु संकल्पं वैनतेयोऽथ केश-

राजधानी बनाकर गिरिवर रैवतक पर्वतको सुरपुर बना दीजिए। वह नगर नन्दन वनके सदृश सुन्दर है और सब नगरोंका मुकुट है ॥ ११० ॥ हे सुरोत्तम! आप वहाँ जाकर राज-धानीका निर्माण करेंगे तो वह नगर और भी रमणीक हो उठेगा। आपके ऐसा करनेसे वहाँ कुमारियोंका आवागमन सुलभ हो जायगा। आगे चलकर वह नगरी इन्द्रकी अमरावती पुरीकी तरह सुन्दर होती हुई सारी त्रिलोकीमें द्वारवती नामसे प्रसिद्ध होगी ॥ १११ ॥ ११२ ॥ यदि समुद्र आपको कुछ स्थान दे देगा तो स्वयं विश्वकर्मा वहाँ पहुँचकर मणि, मुक्ता, प्रवाल, हीरक और वैदूर्य मणि सदृश विविध वस्तुयें एवं त्रिभुवनस्थित उत्कृष्ट रत्न यथास्थान विन्यस्त करके आशानुरूप विविध स्थानोंका निर्माण कर देंगे ॥ ११३ ॥ ११४ ॥ वहाँ चलकर आप स्वर्गकी देवसभाके समान अच्छे-अच्छे स्तम्भोंसे अलंकृत, स्वर्णमय विविध आभूषणोंसे आभूषित, ध्वजा-पताकायुक्त, देवताओं और गन्धर्वों द्वारा परिपालित, सूर्य-चन्द्रकी प्रभासे उद्भासित बड़े-बड़े प्रासाद निर्माण कराइए ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! वैनतेय गरुड़ने इतना कह और नतमस्तक होकर प्रणाम किया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और अपने आसनपर बैठ गये ॥ ११७ ॥ श्रीकृष्ण और बलराम दोनों भाइयोंने इस परामर्शको हितकर समझा और बहुमूल्य आभूषणोंसे गरुड़का सत्कार करके विदा कर दिया और स्वर्गस्थित देवताओंके समान वे आनन्दके साथ रहने लगे ॥११८॥११९॥ इधर भोजराज उग्रसेनने गरुड़के वचन सुनकर बड़े स्नेहके साथ श्रीकृष्णको सम्बोधित करके कहा—॥१२०॥ हे महाबाहो ! हे यादवानन्दवर्धन ! हे रिपुसूदन ! आज मैं आपसे एक बात कह रहा हूँ, उसे सुनिए ॥ १२१ ॥ हे विभो ! आपके न रहनेपर विधवा स्त्रियोंके समान हम लोग इस नगरमें अथवा अन्यत्र कहीं सुखसे नहीं रह सकेंगे ॥ १२२ ॥ हे मानव ! आप हमारे निकट रहते हैं तो हम आपके भुजबलकी छायामें रहकर न राजाओंसे डरते हैं और न देवराज इन्द्रसे ॥ १२३ ॥ हे यादवर्षभ ! विजयके लिए आप जहाँ जायँगे, वहाँ हम भी आपके साथ चलेंगे ॥ १२४ ॥ भगवान कृष्णने उग्रसेनके वचन सुने तो कुछ मुस्कुराकर कहने लगे—

वम् ॥ प्रणम्य शिरसा ताभ्यां निषसाद कृतासनः ॥ ११७ ॥ कृष्णोऽपि रामसहितो विचिन्त्य हितमीरितम् ॥ प्रकाशं कर्तुकामो तौ विसृज्य विनतात्मजम् ॥ ११८ ॥ सत्कृत्य विधिवद्राजन्महार्हवरभूषणैः ॥ मोदेते सुखिनौ तत्र सुरलोके यथाऽमरौ ॥ ११९ ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा भोजराजो महायशाः ॥ कृष्णं स्नेहेन विस्रब्धं बभाषे वचनामृतम् ॥ १२० ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो यदूनां नन्दिवर्द्धन ॥ श्रूयतां वचनं त्वाऽद्य वक्ष्यामि रिपुसूदन ॥ १२१ ॥ त्वया विहीनाः सर्वे स्म न शक्ताः सुखमासितुम् ॥ पुरेऽस्मिन्विषयान्ते वा पतिहीना इव स्त्रियः ॥ १२२ ॥ त्वत्सनाथा वयं तात त्वद्बाहुबलमाश्रिताः ॥ बिभीमो न नरेन्द्राणां सेन्द्राणामपि मानद ॥ १२३ ॥ विजयाय यदुश्रेष्ठ यत्र यत्र गमिष्यसि ॥ तत्र त्वं सहितोऽस्माभिर्गच्छेथा यादवर्षभ ॥ १२४ ॥ तस्य राज्ञो वचः श्रुत्वा सस्मितं देवकीसुतः ॥ यथेष्टं भवतामद्य तथा कर्ताऽस्म्यसंशयम् ॥ ॥१२५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि मन्त्रोदाहरणे रुक्मिणीस्वयंवरे राजेन्द्राभिषेचनसमाप्तिर्नाम षट्पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५६॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य सभ्यांस्तान् यदुसंसदि ॥ बभाषे पुण्डरीकाक्षो हेतुमद्वाक्यमुत्तमम् ॥ १ ॥ यादवानामियं भूमिर्मथुरा राष्ट्रमालिनी ॥ वयं चैवेह संभूता व्रजे च परिवर्द्धिताः ॥ २ ॥ तदिदानीं गतं दुःखं शत्रवश्च पराजिताः ॥ नृपेषु जनितं वैरं जरासंधेन विग्रहः ॥३॥ वाहनानि च नः सन्ति पादातं चाप्यनन्तकम् ॥ रत्नानि च विचित्राणि मित्राणि च बहूनि च ॥४॥ इयं च माथुरी भूमिरल्पा गम्या

हे महाराज ! आप लोगोंकी जो इच्छा होगी, मैं वही करूँगा ॥१२५॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि "नारायणी" भाषाटीकायां षट्पंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५६ ॥

(भगवानका द्वारका प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कुछ समय बाद महात्मा कृष्णने एक दिन यादवोंकी सभामें सभ्योंको सम्बोधित करके कहा—हे सभासद्गण ! हमारी यह मथुरापुरी बड़ी ही कल्याणकारिणी है। यहाँ ही मेरा जन्म हुआ और व्रजमें जाकर पला ॥ १ ॥ २ ॥ अब हमारे सब दुःख दूर हो गये। क्योंकि हमने अपने शत्रुओंको पराजित कर दिया है। किन्तु राजाओं और विशेष करके जरासन्धके साथ हमारा वैर बद्धमूल हो गया है ॥ ३ ॥ इस समय हमारे पास अश्वादि वाहन, असंख्य पैदल सेना, विविध रत्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा मित्रोंकी भी संख्या बहुत बढ़ गयी हैं ॥ ४ ॥ किन्तु मथुरापुरीमें भूमिकी कमी है और शत्रु अनायास आक्रमण कर देते हैं। हमारी बलवृद्धि और मित्रवृद्धि भी बहुत हो गयी है ॥५॥ हमारी जो करोड़ोंकी संख्यामें नयी पैदल सेना है, उसीको रहनेके लिए यहाँ पर्याप्त स्थान नहीं है ॥६॥ अतएव हे यदुपुङ्गवों! अब मुझे यहाँ रहना अच्छा नहीं लगता। सो मैं दूसरी पुरी बसाऊँगा। मेरी इस धृष्टताको क्षमा करिएगा ॥७। मैंने जो कहा है, उसे यदि आप अनुकूल समझेंगे तो देखेंगे कि मेरी योजनासे आप सन्‍ लोगोंका कल्याण ही होगा ॥८॥ यह सुनकर यादवोंने एकमत होकर बड़ी प्रसन्नताके साथ कहा—हे यदुवर! आप हमारे कल्याणके लिए जो उचित समझें, वही करिए ॥ ९ ॥ तदनन्तर वृष्णिगण मंत्रणा आरम्भ करके परस्पर कहने लगे—राजा जरासन्ध हम लोगों द्वारा अवध्य है और शत्रुपक्षीय सेना भी बहुत बड़ी है ॥ १० ॥ यदि विपक्षी राजओंने हमपर आक्रमण कर दिया तो वे अनायास हमारी सेनाका विनाश कर देंगे। किन्तु हम लोग सौ वर्षमें भी उनकी विशाल सेनाका संहार नहीं कर सकेंगे। हे महाराज जनमेजय! उन यादवोंने इस प्रकार मन्त्रणा करके अन्तमें मथुरासे

परस्य तु ॥ वृद्धिश्चैव पराऽस्माकं बलतो मित्रतस्तथा ॥ ५ ॥ कुमारकोट्यो याश्चेमाः पदातीनां गणाश्च ये ॥ एषामपीह वसतां संमर्दमुपलक्षये ॥ ६ ॥ अत्र नो रोचते मह्यं निवासो यदुपुङ्गवाः ॥ पुरीं निवेशयिष्यामि मम तत्क्षन्तुमर्हथ ॥ ७ ॥ एतद्यदनुरूपं वो ममाभिप्रायजं वचः ॥ भवाय भवतां काले यदुक्तं यदुसंसदि ॥ ८ ॥ तमूचुर्यादवाः सर्वे हृष्टेन मनसा तदा ॥ साध्यतां यदभिप्रेतं जनस्यास्य भवाय वै ॥ ९ ॥ ततः संयन्त्रयामासुर्वृष्णयो मन्त्रमुत्तमम् ॥ अवध्योऽसौ कृतोऽस्माकं सुमहच्च रिपोर्बलम् ॥ १० ॥ कृतः सैन्यक्षयश्चापि महानिह नराधिपैः ॥ बहुलानि च सैन्यानि हन्तुं वर्षशतैरपि ॥ न शक्ष्यामो ह्यतस्तेषामपयानेऽभवन्मतिः ॥ ११ ॥ तस्मिंश्चैवान्तरे राजा स कालयवनस्तदा ॥ सैन्येन तद्विधेनैव मथुरामभ्युपागमत् ॥ १२ ॥ ततो जरासंधबलं दुर्निवार्यमभूत्तदा ॥ ते कालयवनं चैव श्रुत्वेदं प्रतिपेदिरे ॥ १३ ॥ केशवः पुनरेवाह यादवान्सत्यसंगरः ॥ अद्यैव दिवसः पुण्यो निर्यामः स्वबलानुगाः ॥ १४ ॥ ततो निश्चक्रमुः सर्वे यादवाः कृष्णशासनात् ॥ ओघा इव समुद्रस्य बलौघप्रतिनादिताः ॥ १५ ॥ संगृह्य ते कलत्राणि वसुदेवपुरोगमाः ॥ सुसन्नद्धैर्गजैर्मत्तै रथैरश्वैश्च दंशितैः ॥ १६ ॥ आहत्य दुन्दुभीन्सर्वे स्वजनज्ञातिबान्धवाः ॥ निर्ययुर्यादवाः सर्वे मथुरामपहाय वै ॥ १७ ॥ स्यन्दनैः काञ्चनापीडैर्मत्तैश्च वरवारणैः ॥ सूतैः प्लुतैश्च तुरगैः कशापार्ष्णिप्रणोदितैः ॥१८॥ स्वानि

अन्यत्र चले जाना ही निश्चित किया ॥ ११ ॥ इसी समय कालयवनके साथ राजा जरासन्ध भी मथुरा आ पहुँचा। उसके साथ बहुत बड़ी सेना थी ॥ १२ ॥ दुर्निवार्य जरासन्ध तथा कालयवनका आगमन सुनकर ही यादव पूर्वकृत परामर्शका अनुसरण करने लगे ॥ १३ ॥ इसी समय सत्यप्रतिज्ञ भगवान कृष्णने यादवोंसे फिर कहा—आज शुभ दिन है। अतएव हमलोग अपनी सेनाके साथ यहाँसे चल दें ॥ १४ ॥ हे महाराज! तदनुसार वसुदेव आदि यादव पुत्र-कलत्र आदि परिवार साथ लेकर मथुरासे बाहर हो गये। उनकी विशाल वाहिनी महान् कोलाहल करती हुई चली। उस समय ऐसा लगा कि मानों समुद्र अपनी सीमाका उल्लंघन करके बड़े वेगसे बह चला है। यादवोंने दुन्दुभी बजाकर अपना-अपना धन और स्वजनोंको साथ लेकर प्रस्थान कर दिया। उनमेंसे कुछ सुसज्जित मतवाले हाथियोंपर, कुछ स्वर्णालंकारसे अलंकृत रथोंपर, कुछ यादव चाबुकका संकेतमात्र पाकर लम्बी छलांग मारनेवाले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घोड़ोंपर सवार होकर मथुरासे चल पड़े ॥ १५–१८ ॥ इस प्रकार वह विशाल यादवी सेना महान् कोलाहल करती हुई आगे बढ़ी । वे यादव अपनी-अपनी सेना साथ लेकर बड़ी प्रसन्नतापूर्वक पश्चिमकी ओर चले ॥ १९ ॥ इस प्रकार वासुदेव प्रभृति रणकुशल यादव क्रमसे अपनी-अपनी सेनाके साथ चलने लगे ॥ २० ॥ तदनन्तर रमणीय समुद्रतटके निर्दिष्ट स्थानपर पहुँचकर उन लोगोंने देखा कि वहाँ कोई-कोई स्थान लताओंके कुञ्ज तथा नारिकेलके वनसे परिपूर्ण है। कहीं-कहीं सुन्दर हाथियोंका झुण्ड विचर रहा है। कहीं केतकीका जंगल लगा हुआ है तो कहीं सुपारीका वन विद्यमान है। तालवन तथा निविड़ द्राक्षावनसे वह प्रदेश सुशोभित था। वे यादव उस रमणीक स्थानपर पहुँचकर इस तरह प्रसन्न हुए, जैसे देवता स्वर्गमें पहुँचकर प्रसन्न होते हैं ॥ २१–२३ ॥ इसी समय शत्रुनाशन कृष्णने वासस्थान तथा पुरनिर्माणके योग्य भूमिका अन्वेषण करते हुए देखा कि समुद्ररूपी जलाशयसे भूषित, बालू तथा लाल मिट्टीका एक अतिशय विस्तृत सिन्धुराज-प्रदेश है, हाथी घोड़े आदि वाहनोंके लिए वहाँ बड़ी सुविधा है और नगरके सभी सुलक्षण वहाँ विद्यमान हैं। उस प्रदेशको देखकर ऐसा

स्वानि बलाग्राणि शोभयन्तः प्रकर्षिणः ॥ प्रत्यङ्मुखा ययुर्हृष्टा वृष्णयो भरतर्षभ ॥ १९ ॥ ततो मुख्यतराः सर्वे यादवा रणकोविदाः ॥ अनी-
काग्राणि कर्षन्तो वासुदेवपुरोगमाः ॥ २० ॥ ते स्म नानालताचित्रं नारिकेलवनायुतम् ॥ कीर्णं नागबलैः कान्तं केतकीषण्डमण्डितम् ॥ २१ ॥
तालपुन्नागवकुलद्राक्षावनघनं क्वचित् ॥ अनूपं सिंधुराजस्य प्रपेतुर्यदुपुङ्गवाः ॥ २२ ॥ ते तत्र रमणीषु विषयेषु सुखप्रियाः ॥ मुमुदुर्यादवाः सर्वे
देवाः स्वर्गगता इव ॥ २३ ॥ पुरवास्तु विचिन्वन्सः कृष्णस्तु परवीरहा ॥ ददर्श विपुलं देशं सागरेणोपशोभितम् ॥ २४ ॥ वाहनानां हितं चैव
सिकताताम्रमृत्तिकम् ॥ पुरलक्षणसंपन्नं कृतास्पदमिव श्रिया ॥ २५ ॥ सागरानिलसंवीतं सागराम्बुनिषेवितम् ॥ विषयं सिन्धुराजस्य शोभितं पुर-
लक्षणैः ॥ २६ ॥ तत्र रैवतको नाम पर्वतो नातिदूरतः ॥ मन्दरोदारशिखरः सर्वतोऽभिविराजते ॥ २७ ॥ तत्रैकलब्धसंवासो द्रोणेनाध्युषित-
श्चिरम् ॥ प्रभूतपुरुषोपेतः सर्वरत्नसमाकुलः ॥२८॥ विहारभूमिस्तत्रैव तस्य राज्ञः सुनिर्मिता ॥ नाम्ना द्वारवती नाम स्वायताष्टापदोपमा ॥ २९ ॥
केशवेन मतिस्तत्र पुर्यर्थे विनिवेशिता ॥ निवेशं तत्र सैन्यानां रोचयन्ति स्म यादवाः ॥ ३० ॥ ते रक्तसूर्यदिवसे तत्र यादवपुङ्गवाः ॥ सेनापा-
लांश्च संचक्रुः स्कन्धावारनिवेशनम् ॥ ३१ ॥ ध्रुवाय तत्र न्यवसत्केशवः सह यादवैः ॥ देशे पुरनिवेशाय स यदुप्रवरो विभुः ॥ ३२ ॥ तस्यास्तु

लगता था कि मानों साक्षात् लक्ष्मी वहाँ चली आयी हैं ॥२४॥२५॥ उस प्रदेशमें समुद्रके जलसे मिश्रित वायु नित्य बहा करता था, अतएव वह सिन्धुराजप्रदेश पुरनिर्माणके लिए सर्वथा उपयुक्त था ॥ २६ ॥ उसके पास ही रैवतक नामका पर्वत था। मन्दर पर्वतके समान उसका शिखर चारों ओर फैला हुआ था ॥ २७ ॥ वहाँ ही एकलव्यकी निवासभूमि थी। महर्षि द्रोणाचार्य भी वहाँ बहुत समयतक रह चुके थे। वहाँ बहुतेरे मनुष्य रहते थे और सभी प्रकारके रत्न प्रचुरमात्रमें मिल जाते थे ॥२८॥ सिन्धुराजने वहाँ द्वारवती नामकी शारिकाफलकके समान एक अष्टकोण नगरीका निर्माण किया था ॥ २९ ॥ महात्मा कृष्णने भी उस स्थानको देखकर अपनी पुरी बसानेकी इच्छा व्यक्त की। तदनुसार यादवोंने जब कि सूर्य भगवानने रक्तिम रूप धारण कर लिया, उस समय वहाँ सेनाशिविर स्थापित करनेका निर्णय किया और स्कन्धावारके लिए स्थान निश्चित हो गया ॥३०॥३१॥ भगवान कृष्णने यादवोंसे परामर्श

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके वहाँ ही स्थायी वासस्थान बनानेका विचार किया और विधिवत् सब भवनोंके निर्माणकी कल्पना कर ली ॥३२॥३३॥ इस प्रकार अपने बन्धु-बान्धवोंके साथ यादव द्वारावती पुरीमें पहुँचकर इस प्रकार सुखपूर्वक रहने लगे, जैसे देवता स्वर्गमें आनन्दपूर्वक निवास करते हैं ॥३४॥ हे महाराज ! केशीनिषूदन भगवान कृष्ण कालयवनके आगमन तथा जरासन्धके भयसे इस प्रकार द्वारावती पुरीमें जाकर रहने लगे ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५७ ॥

(कालयवनवधे) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! मैं यदुश्रेष्ठ बुद्धिमान् महात्मा वासुदेवका चरित्र विस्तारके साथ सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥ मथुरा नगरी मध्यदेशकी अलंकारस्वरूपा थी और बड़ा मनोहर स्थान था । भगवती लक्ष्मी वहाँ नित्य निवास करती थीं ॥ २ ॥ वह प्रदेश पृथिवीका शृङ्गस्वरूप था । धन-धान्यका

विधिवन्नाम वास्तूनि च गदाग्रजः ॥ निर्ममे पुरुषश्रेष्ठो मनसा यादवोत्तमः ॥३३॥ एवं द्वारवतीं चैव पुरीं प्राप्य सबान्धवाः ॥ सुखिनो न्यवसन्राजन्स्वर्गे देवगणा इव ॥ ३४ ॥ कृष्णोऽपि कालयवनं ज्ञात्वा केशिनिषूदनः ॥ जरासंधभयाच्चैव पुरीं द्वारवतीं ययौ ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्वारवतीप्रयाणं नाम सप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५७ ॥

जनमेजय उवाच ॥ भगवञ्छ्रोतुमिच्छामि विस्तरेण महात्मनः ॥ चरितं वासुदेवस्य यदुश्रेष्ठस्य धीमतः ॥ १ ॥ किमर्थं च परित्यज्य मथुरां मधुसूदनः ॥ मध्यदेशस्य ककुदं धाम लक्ष्म्याश्च केवलम् ॥२॥ शृङ्गं पृथिव्याः स्वालक्ष्यं प्रभूतधनधान्यवत् ॥ आर्याढ्यजनभूयिष्ठमधिष्ठानवरोत्तमम् ॥ ३ ॥ अयुद्धेनैव दाशार्हस्त्यक्तवान्द्विजसत्तम ॥ स कालयवनश्चापि कृष्णे किं प्रत्यपद्यत ॥ ४ ॥ द्वारकां च समासाद्य वारिदुर्गां जनार्दनः ॥ किं चकार महाबाहुर्महायोगी महातपाः ॥५॥ किंवीर्यः कालयवनः केन जातश्च वीर्यवान् ॥ यमसह्यं समालक्ष्य व्यपयातो जनार्दनः ॥६॥ वैशम्पायन उवाच ॥ वृष्णीनामन्धकानां च गुरुर्गार्ग्यो महामनाः ॥ ब्रह्मचारी पुरा भूत्वा न स्म दारान्स विन्दति ॥ ७ ॥ तथा हि वर्तमानं तमूर्ध्वरेतसमव्ययम् ॥ श्यालोऽभिशस्तवान्गार्ग्यमपुमानिति राजनि ॥८॥ सोऽभिशस्तस्तदा राजन्नगरे त्वजितं जये ॥ अलिप्संस्तु स्त्रियं चैव तपस्तेपे सुदा-

भी कुछ अभाव नहीं था । सुसम्भ्रान्त तथा धनाढ्य मनुष्योंका ही वहाँ निवास था । फलतः मथुरा पृथिवीका सर्वोत्तम स्थान था ॥ ३ ॥ ऐसी दशामें भगवान कृष्णने बिना युद्धके ही उस पुरीको क्यों त्याग दिया ? उस कालयवनने भगवानके साथ कैसा व्यवहार किया ? ॥४॥ चारों ओर समुद्रसे घिरी द्वारकापुरीमें पहुँचकर महाबाहु, महायोगी एवं महातपस्वी भगवान कृष्णने क्या किया ? ॥५॥ जिस कालयवनके असह्य पराक्रमको देखकर उन्होंने पलायन किया, वह कालयवन कितना बड़ा बलवान् था और किसका पुत्र था ? ॥६॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महामनस्वी महर्षि गार्ग्य विष्णु और अन्धकवंशी यादवोंके गुरु थे। उन्होंने बहुत समयतक अखण्ड ब्रह्मचर्यव्रतका अवलम्बन करके पत्नीके रहते हुए भी कभी उसके पास नहीं गये ॥ ७ ॥ इस प्रकार वे ऊर्ध्वरेता होकर जीवनयापन कर रहे थे । एक दिन भरी सभामें उनके सालेने उनको 'नपुंसक' कहकर परिहास किया ॥ ८ ॥ उस परिहाससे उन्हें कुछ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ग्लानि हुई और पुत्रकी कामनासे वे अजितञ्जय नगरको चले गये। वहाँ देवादिदेव शंकर भगवानको प्रसन्न करनेके लिए बारह वर्षोंतक लौहचूर्ण भक्षण करके कठोर तपस्या करते रहे ॥ ९ ॥ १० ॥ उनकी घोर तपस्या देखकर शिवजी प्रसन्न हो गये वरदान देते हुए उन्होंने कहा—हे मुनिवर! तुम शीघ्र एक ऐसा महातेजस्वी पुत्र प्राप्त करोगे कि जो युद्धभूमिमें वृष्णि और अन्धकवंशी यादवोंको परास्त कर देगा ॥ ११ ॥ तदनन्तर यवनराजने जब सुना कि पुत्राभिलाषी द्विजवर गार्ग्यने शंकर भगवानसे पुत्रप्राप्तिका वरदान पाया है। तब उसने उन्हें बुलवाया और अनेक तरहसे अनुनय-विनय करके ग्वालोंकी बस्तीमें स्त्रियोंके निकट उनके लिए वासस्थानका प्रबन्ध कर दिया ॥ १२ ॥ १३ ॥ वहाँ गोपस्त्री वेशधारिणी गोपाली नामकी एक अप्सराने उन द्विजवर गार्ग्यका दुर्धर्ष वीर्य धारण किया ॥ १४ ॥ श्रीशिवजीके वरदानके प्रभावसे उस मानुषी गोपालीके गर्भसे तेजस्वी गार्ग्यका महाबली और परम पराक्रमी कालयवन नामक एक पुत्र उत्पन्न हुआ ॥१५॥ वह शिशु निपूते यवनराजके भवनमें दिन-दिन बढ़ने लगा। कुछ समय बाद जब यवनराजका शरीर छूटा, तब वही कालयवन

रुणम् ॥९॥ ततो द्वादश वर्षाणि सोऽयश्चूर्णञ्च भक्षयन् ॥ आराधयन्महादेवमचिन्त्यं शूलपाणिनम् ॥ १० ॥ रुद्रस्तस्मै वरं प्रादात्समर्थं युधि निग्रहे ॥
वृष्णीनामन्धकानां च सर्वतेजोमयं सुतम् ॥ ११ ॥ ततः शुश्राव तं राजा यवनाधिपतिर्वरम् ॥ पुत्रप्रसवजं दैवादपुत्रः पुत्रकामिता ॥ १२ ॥
स नृपस्तमुपानाय्य सान्त्वयित्वा द्विजोत्तमम् ॥ तं घोषमध्ये यवनो गोपस्त्रीषु समासृजत् ॥ १३ ॥ गोपाली त्वप्सरास्तत्र गोपस्त्रीवेषधारिणी ॥
धारयामास गार्ग्यस्य गर्भं दुर्धरमच्युतम् ॥१४॥ मानुष्यां गार्ग्यभार्यायां नियोगाच्छूलपाणिनः ॥ स कालयवनो नाम जज्ञे शूरो महाबलः ॥१५॥
अपुत्रस्याथ राज्ञस्तु ववृधेऽन्तःपुरे शिशुः ॥ तस्मिन्नुपरते राजन्स कालयवनो नृपः ॥ १६ ॥ युद्धाभिकामो नृपतिः पर्यपृच्छद्द्विजोतमान् ॥
वृष्ण्यन्धककुलं तस्य नारदेन निवेदितम् ॥ १७ ॥ ज्ञात्वा तु वरदानं तन्नारदान्मधुसूदनः ॥ उपप्रैक्षत तेजस्वी वर्द्धन्तं यवनेषु तम् ॥ १८ ॥
समृद्धो हि यदा राजा यवनानां महाबलः ॥ तत एवं नृपा म्लेच्छाः संश्रित्यानुययुस्तदा ॥१९॥ शकास्तुषारा दरदाः पारदाः शृङ्गलाः खशाः ॥
पह्लवाः शतशश्चान्ये म्लेच्छा हैमवतास्तथा ॥२०॥ स तैः परिवृतो राजा दस्युभिः शलभैरिव ॥ नानावेषायुधैर्भीमैर्मथुरामभ्यवर्तत ॥२१॥ गज-
वाजिखरोष्ट्राणामयुतैरर्बुदैरपि ॥ पृथिवीं कम्पयामास सैन्येन महता वृतः ॥ २२ ॥ रेणुना सूर्यभागं तु समवच्छाद्य पार्थिवः ॥ मूत्रेण शकृता चैव

राजाके पदपर अभिषिक्त हुआ ॥१६॥ अभिषिक्त होते ही युद्धकी अभिलाषावश उसने ब्राह्मणोंसे पूछताछ करते हुए कहा—इस समय मैं किस वंशके राजासे युद्ध करूँ? तब देवर्षि नारदने उसे वृष्णि-अन्धकवंशी यादवोंका वृत्तान्त बतलाया ॥ १७ ॥ बादमें देवर्षि नारदने ही आकर भगवान कृष्णको कालयवनकी उत्पत्तिका समाचार सुनाया। तदनुसार भगवान यवनराजके घरमें पलते हुए कालयवनकी प्रतीक्षा करने लगे ॥ १८ ॥ इधर यवनराज कालयवन बढ़कर जब बहुत पराक्रमी हो गया, तब शक, तुषार, दरद, पारद, शृङ्गला, खश और पह्लव आदि सैकड़ों हिमालय पर्वतके निवासी म्लेच्छ राजे उसके वशवर्ती हो गये ॥ १९ ॥ २० ॥ उस समय कालयवन टिड्डी दलकी तरह श्रेणीबद्ध, नाना वेश तथा नाना आयुधधारी और भीषण आकारके उन दस्युओंसे परिवेष्टित होकर मथुराकी ओर चला ॥ २१ ॥ असंख्य हाथी, घोड़े, गधे, ऊँट तथा अन्यान्य सेनाके बोझसे पृथिवी काँपने लगी ॥ २२ ॥ चलते समय सेनाके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पदाघातसे उड़ी धूल द्वारा आकाश ढँक गया। घोड़ों तथा ऊँटोंके मल-मूत्रकी नदी बहने लगी। अश्वके शकृत् (मल) से उस नदीकी उत्पत्ति हुई थी। इसी कारण उसका 'अश्वशकृत' नाम पड़ गया॥ २३॥ २४॥ इधर वृष्णि और अन्धकवंशी यादवोंके नेता श्रीकृष्णने जब यवनसेनाके आगमनका समाचार सुना तो ज्ञातिबन्धुओंको बुलाकर कहा कि इस समय हमारे कुलपर बहुत बड़ी विपत्ति आ उपस्थित हुई है। क्योंकि शंकर भगवानके वरदानसे कालयवन हमारा अवध्य शत्रु है॥ २५॥ २६॥ मद तथा बलसे मत्त कालयवन साम आदि विविध उपायोंका अवलम्बन करके यहाँ आया हुआ है और हमसे युद्ध करना चाहता है॥ २७॥ २८॥ देवर्षि नारदके मुखसे मैंने सुना है कि अब हमारे मथुरानिवासका समय पूर्ण हो गया है। राजा जरासन्ध भी हमारा असाधारण वैरी है। अन्यान्य राजाओंमेंसे जो राजे वृष्णिवंशियोंका प्रभाव देखकर जल रहे थे और जो कंसवधके कारण असहाय हो गये थे, वे सब

सैन्येन ससृजे नदीम्॥ २३॥ अश्वोष्ट्रशकृतां राशेर्निःसृतेति जनाधिप॥ ततोऽश्वशकृदित्येव नाम नद्या बभूव ह॥ २४॥ तत्सैन्यं महदायाद्वै श्रुत्वा वृष्ण्यन्धकाग्रणीः॥ वासुदेवः समाभाष्य ज्ञातीनिदमुवाच ह॥ २५॥ इदं समुत्थितं घोरं वृष्ण्यन्धकभवं महत्॥ अवध्यश्चापि नः शत्रुर्वरदानात्पिनाकिनः॥ २६॥ सामादयोऽभ्युपायाश्च विहितास्तस्य सर्वशः॥ मत्तो मदबलाभ्यां तु युद्धमेव चिकीर्षति॥ २७॥ एतावानिह वासश्च कथितो नारदेन मे॥ एतावति च वक्तव्यं सामैव परमं मतम्॥ २८॥ जरासन्धश्च नो राजा नित्यमेव न मृष्यते॥ तथाऽन्ये पृथिवीपाला वृष्णिचक्रप्रतापिताः॥ २९॥ केचित्कंसवधाचापि विरक्तास्तद्गता नृपाः॥ समाश्रित्य जरासन्धमस्मानिच्छन्ति बाधितुम्॥ ३०॥ बहवो ज्ञातयश्चैव यदूनां निहता नृपैः॥ वर्द्धितुं नैव शक्ष्यामि पुरेऽस्मिन्निति केशवः॥ ३१॥ अपयाने मतिं कृत्वा दूतं तस्मै ससर्ज ह॥ ततः कुम्भे महासर्पं भिन्नाञ्जनचयोपमम्॥ ३२॥ घोरमाशीविषं कृष्णं कृष्णः प्राक्षेपयत्तदा॥ ततस्तं मुद्रयित्वा तु स्वेन दूतेन हारयत्॥ ३३॥ निदर्शनार्थं गोविन्दो भीषयामास तं नृपम्॥ स दूतः कालयवनं दर्शयामास तं घटम्॥ ३४॥ कालसर्पोपमः कृष्ण इत्युक्त्वा भरतर्षभ॥ तत्कालं यवनो बुद्ध्वा त्रासनं यादवैः कृतम्॥ ३५॥ पिपीलिकानां चण्डानां पूरयामास तं घटम्॥ स सर्पो बहुभिस्तीक्ष्णैः सर्वतस्तैः पिपीलिकैः॥ ३६॥ भक्ष्य-

जरासन्धके आश्रित हो गये हैं। इस समय वे सब जरासन्धकी सहायतासे हमको सतानेका उद्योग कर रहे हैं॥२९॥३०॥ इस बीच इन राजाओं द्वारा हमारे अनेक बन्धु-बान्धव मारे जा चुके हैं। अब हम लोग इस नगरीमें रहकर किसी तरह आगे नहीं बढ़ सकेंगे। अतएव यहाँसे हमारा पलायन कर जाना ही श्रेयस्कर है। इस प्रकार भगवान कृष्णने पलायनका सिद्धान्त स्थिर करके एक बहुत बड़े घड़ेमें बृहदाकारका एक काला साँप रखकर उसका मुख बन्द कर दिया और दूतके द्वारा वह घड़ा कालयवनके पास भेज दिया कि जिससे वह डर जाय। योजनानुसार दूत उसके पास पहुँचकर 'कृष्ण आप लोगोंके लिए काले नागके समान भयानक हैं' यह बात कही और कालयवनको वह घड़ा दिखा दिया। उसने देखते ही समझ लिया कि यादव हमें डरा रहे हैं॥ ३१-३५॥ तदनन्तर उसने भयानक चींटियाँ मँगाकर मुँहतक उस घड़ेको भरवा दिया। वे तीखे दाँतोंवाली चींटियाँ चारों ओरसे काट-काटकर उस सर्पको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खा गयीं, जिससे वह भस्म हो गया। कालयवनने उस घड़ेको फिर मुद्रित कराके कृष्णके पास भेज दिया ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ अपना उपाय विफल देखकर श्रीकृष्णने तत्काल मथुरा त्यागकर द्वारकाको प्रस्थान कर दिया ॥ ३८ ॥ वहाँ उन्होंने वृष्णियोंको आश्वासन दिया और वैरका अन्त करनेके लिए पैदल चलनेवाले पथिकका वेश धारण करके फिर मथुरा लौट आये। उस समय वे खाली हाथ थे ॥ ३९ ॥ ४० ॥ उन्हें देखकर कालयवन रोषके साथ युद्धके लिए अग्रसर हुआ। महाबली और असाधारण पराक्रमी भगवान भी उसको देखकर भागने लगे ॥ ४१ ॥ यवनराज कालयवन उन्हें पकड़नेके लिए उनके पीछे-पीछे चलने लगा, किन्तु वह योगिराज भगवान कृष्णको किसी तरह नहीं पकड़ सका ॥ ४२ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! पूर्वकालमें महाबली महाराज मान्धाताके यशस्वी पुत्र मुचुकुन्द जब देवासुरयुद्धमें सफल हुए। तब देवताओंने उन्हें वरदान देनेका अभिप्राय प्रकट किया

माणः किलाङ्गेषु भस्मीभूतोऽभवत्तदा ॥ तं मुद्रयित्वा तु घटं तथैव यवनाधिपः ॥ प्रेषयामास कृष्णाय बाहुल्यमुपवर्णयन् ॥ ३७ ॥ वासुदेवस्तु तं दृष्ट्वा योगं विहतमात्मनः ॥ उत्सृज्य मथुरामाशु द्वारकामभिजग्मिवान् ॥ ३८ ॥ वैरस्यान्तं विधित्संस्तु वासुदेवो महायशाः ॥ निवेश्य द्वारकां राजन्वृष्णीनाश्वस्य चैव ह ॥ ३९ ॥ पदातिः पुरुषव्याघ्रो बाहुप्रहरणस्तदा ॥ आजगाम महायोगी मथुरां मधुसूदनः ॥ ४० ॥ तं दृष्ट्वा निर्ययौ हृष्टः स कालयवनो रुषा ॥ प्रेक्षापूर्वं च कृष्णोऽपि निश्चकर्ष महाबलः ॥ ४१ ॥ अथान्वगच्छद्गोविन्दं जिघृक्षुर्यवनेश्वरः ॥ न चैनमशकद्राजा ग्रहीतुं योगधर्मिणम् ॥ ४२ ॥ मान्धातुस्तु सुतो राजा मुचुकुन्दो महायशाः ॥ पुरा देवासुरे युद्धे कृतकर्मा महाबलः ॥ ४३ ॥ वरेण छन्दितो देवैर्निद्रामेव गृहीतवान् ॥ श्रान्तस्य तस्य वागेवं तदा प्रादुरभूत्किल ॥ ४४ ॥ प्रसुप्तं बोधयेद्यो मां तं दहेयमहं सुराः ॥ चक्षुषा क्रोधदीप्तेन एवमाह पुनः पुनः ॥ ४५ ॥ एवमस्त्विति तं शक्र उवाच त्रिदशैः सह ॥ स सुरैरभ्यनुज्ञातो लोकं मानुषमागतम् ॥ ४६ ॥ स पर्वतगुहां कांचित्प्रविश्य श्रमकर्शितः ॥ सुष्वाप कालमेतं वै यावत्कृष्णस्य दर्शनम् ॥ ४७ ॥ तत्सर्वं वासुदेवाय नारदेन निवेदितम् ॥ वरदानं च देवेभ्यस्तेजस्तस्य चमूपतेः ॥ ४८ ॥ कृष्णोऽनुगम्यमानश्च तेन म्लेच्छेन शत्रुणा ॥ तां गुहां मुचुकुन्दस्य प्रविवेश विनीतवत् ॥ ४९ ॥ शिरःस्थाने तु राजर्षेर्मुचुकुन्दस्य केशवः ॥ संदर्शनपथं त्यक्त्वा तस्थौ बुद्धिमतां वरः ॥ ५० ॥ अनुप्रविश्य यवनो ददर्श पृथिवीपतिम् ॥ स तं सुप्तं कृतान्ताभमाससाद सुदुर्मतिः

उस समय उन्होंने देवताओंसे सुखपूर्वक निद्रा प्राप्त करनेका वर माँगा। थकानके कारण उनके मुखसे बारम्बार यह वाक्य निकलने लगा कि 'निद्रावस्थामें जो मुझे जगाये, उसे मैं अपने क्रोधप्रदीप्त नेत्रोंसे तत्काल भस्म कर दूँ।' ॥ ४३–४५ ॥ इन्द्र आदि देवताओंने 'तथास्तु' कहकर उन्हें वरदान दे दिया। देवताओंके आज्ञानुसार वे मर्त्यलोकमें एक पर्वतपर चले गये। उस पर्वतकी एक गुफामें प्रविष्ट होकर जबतक भगवान कृष्णका साक्षात्कार नहीं हुआ था, तबतक सानन्द सोते रहे ॥४६॥४७॥ तभी देवर्षि नारद भगवान वासुदेवके पास जाकर मुचुकुन्दके वरलाभ और उनके पराक्रमका इतिहास कह सुनाया ॥ ४८ ॥ तदनुसार इस समय जब कि म्लेच्छ शत्रु पीछा कर रहा था, तब श्रीकृष्ण चुपचाप मुचुकुन्दकी गुफामें प्रविष्ट हो गये ॥ ४९ ॥ भीतर जाकर वे अपनी बुद्धिमत्ताके अनुसार दृष्टि बचाते हुए धीरे-धीरे उनके सिरहाने कुछ दूर जाकर छिप गये ॥५०॥ तदनन्तर भगवानका पीछा करता हुआ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कालयवन गुफाके भीतर घुसा तो प्रसुप्त यमराजस्वरूप महाराज मुचुकुन्दको देखा ॥५१॥ उन्हें देखते ही फतिंगा जैसे आत्मविनाशार्थ अग्निसे संघर्ष करता है, उसी प्रकार उसने कृष्ण समझकर उनपर पादप्रहार कर दिया ॥ ५२ ॥ पाँवके आघातसे उनकी निद्रा भंग हो गयी, जिससे वे बहुत कुपित हो गये ॥५३॥ देवराज इन्द्र द्वारा उन्हें वर प्राप्त था। अतएव उन्हें जैसे ही इस बातका स्मरण आया, त्यों ही उन्होंने अपने दोनों नेत्र खोल दिये। खुलते ही नेत्रोंसे अग्निकी ज्वाला निकलने लगी ॥ ५४ ॥ तदनन्तर वज्र जिस तरह शुष्क वृक्षको भस्म कर देता है, उसी प्रकार उस अग्निने क्षणभरके भीतर कालयवनको जलाकर भस्म कर दिया ॥ ५५ ॥ तत्पश्चात् भगवान कृष्ण सफलमनोरथ होकर चिरसुप्त महाराज मुचुकुन्दको सम्बोधित करके बोले—॥ ५६ ॥ हे राजन्! मुझे देवर्षि नारदने पहले ही बता दिया था कि आप यहाँ बहुत दिनोंसे सो रहे हैं। इस समय आपने मेरा बहुत बड़ा कार्य सम्पन्न कर दिया। आपका कल्याण हो। अब मैं जाता हूँ ॥५७॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! बहुत छोटी आकृतिमें भगवानको देखकर महाराज मुचुकुन्दने सोचा कि मुझे सोते बहुत समय बीत गया अर्थात्

॥५१॥ वासुदेवं तु तं मत्वा घट्टयामास पार्थिवम् ॥ पादेनात्मविनाशाय शलभः पावकं यथा ॥५२॥ मुचुकुन्दस्तु राजर्षिः पादस्पर्शप्रबोधितः ॥ निद्राच्छेदेन चुक्रोध पादस्पर्शेन तेन च ॥ ५३ ॥ संस्मृत्य स वरं शक्राद्वैक्षत तमग्रतः ॥ स दृष्टमात्रः क्रोधेन संप्रजज्वाल सर्वशः ॥ ५४ ॥ ददाह पावकस्तं तु शुष्कं वृक्षमिवाशनिः ॥ क्षणेन कालयवनं नेत्रतेजोविनिर्गतः ॥५५॥ तं वासुदेवः श्रीमन्तं चिरसुप्तं नराधिपम् ॥ कृतकार्योऽब्रवीद्धीमानिदं वचनमुत्तमम् ॥५६॥ राजंश्चिरप्रसुप्तोऽसि कथितो नारदेन मे ॥ कृतं मे सुमहत्कार्यं स्वस्ति तेऽस्तु व्रजाम्यहम् ॥ ५७ ॥ वासुदेवमुपालक्ष्य राजा ह्रस्वं प्रमाणतः ॥ परिष्कृतं युगं मेने कालेन महता तदा ॥ ५८ ॥ उवाच राजा गोविन्दं को भवान्किमिहागतः ॥ कश्च कालः प्रसुप्तस्य यदि जानासि कथ्यताम् ॥ ५९ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ सोमवंशोद्भवो राजा ययातिर्नाम नाहुषः ॥ तस्य पुत्रो यदुर्ज्येष्ठश्चत्वारोऽन्ये यवीयसः ॥६०॥ यदुवंशात्समुत्पन्नं वसुदेवात्मजं विभो ॥ वासुदेवं विजानीहि नृपते मामिहागतम् ॥ ६१ ॥ त्रेतायुगे प्रसुप्तोऽसि विदितो मेऽसि नारदात् ॥ इदं कलियुगं विद्धि किमन्यत्करवाणि ते ॥ ६२ ॥ मम शत्रुस्त्वया दग्धो देवदत्तवरो नृप ॥ अवध्यो यो मया संख्ये भवेद्वर्षशतैरपि ॥६३॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्तः स तु कृष्णेन निर्जगाम गुहामुखात् ॥ अन्वीयमानः कृष्णेन कृतकार्येण धीमता ॥६४॥ ततो ददर्श पृथिवीमावृतां ह्रस्वकैर्नरैः ॥

युगान्तर आ गया है ॥ ५८ ॥ ऐसा सोचकर वे भगवान कृष्णसे बोले—आप कौन हैं और किसलिए यहाँ आये हैं? यदि आप जानते हों तो कृपया यह बता दीजिए कि मुझे यहाँ सोते कितना समय बीता? ॥५९॥ श्रीकृष्ण भगवान बोले—हे राजर्षि! चन्द्रवंशीय राजा ययाति नहुषके पुत्र थे। ययातिके यदु, तुर्वसु, द्रुह्यु, अनु और पूरु ये पाँच पुत्र हुए। उनमें यदु सबसे बड़े थे और अन्य भाई उनसे छोटे थे ॥ ६० ॥ सो मैं उसी यदुवंशके वसुदेवका औरस पुत्र हूँ। मेरा नाम वासुदेव है ॥ ६१ ॥ मुझे देवर्षि नारदने बताया था कि आप यहाँ त्रेतायुगसे सो रहे हैं और इस समय कलियुग आ गया है। बताइए कि मैं आपकी क्या सेवा करूँ? ॥६२॥ देवादिदेव शंकर भगवानके वरदानसे एक शत्रु मेरे द्वारा अवध्य हो गया था। यहाँतक कि सौ वर्षोंमें भी मैं उसे न मार पाता। सो उस शत्रुको भस्म करके आपने मेरा बहुत बड़ा उपकार किया है ॥६३॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! श्रीमान् वासुदेवके ऐसा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहनेपर राजर्षि मुचुकुन्द उस गुफासे बाहर निकल आये और कृतकार्य श्रीकृष्ण उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥६४॥ बाहर आकर उन राजर्षिने देखा कि सारी पृथिवी ह्रस्वाकार, अल्पोत्साह, अल्पवीर्य, अल्पबल एवं अल्पपराक्रमी मनुष्योंसे भर गयी है और उनके राज्यपर दूसरे राजाने अधिकार कर लिया है ॥६५॥ तब उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक कृष्ण भगवानको विदा कर दिया और स्वयं तपस्या करनेके हिमालय पर्वतपर चले गये ॥ ६६ ॥ वहाँ कुछ समय तपस्या करके शरीर त्याग दिया और अपने पूर्वार्जित सत्कर्मोंके प्रभावसे स्वर्गलोक प्राप्त किया ॥ ६७ ॥ श्रीकृष्ण उन अनाथ हाथियों, घोड़ों, रथों, वर्म-चर्म, विविध शस्त्रास्त्रों तथा ध्वजा-पताका युक्त कालयवनकी अनाथ सेना लेकर बड़ी प्रसन्नताके साथ अपनी द्वारकापुरीको चले गये ॥ ६८ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने शत्रुसे प्राप्त सारी सम्पत्ति उग्रसेनको अर्पित कर दी। जिससे द्वारकापुरी एक साथ विविध धन, रत्न एवं असंख्य हाथियों और घोड़ोंसे परिपूर्ण होकर

स्वल्पोत्साहैरल्पबलैरल्पवीर्यपराक्रमैः ॥ परेणाधिष्ठितं चैव राज्यं केवलमात्मनः ॥ ६५ ॥ प्रीत्या विसृज्य गोविन्दं प्रविवेश महद्वनम् ॥ हिमवन्तमगाद्राजा तपसे धृतमानसः ॥६६॥ ततः स तप आस्थाय विनिर्मुच्य कलेवरम् ॥ आरुरोह दिवं राजा कर्मभिः स्वैर्जिताशुभैः ॥६७॥ वासुदेवोऽपि धर्मात्मा उपायेन महामनाः ॥ घातयित्वाऽऽत्मनः शत्रुं तत्सैन्यं प्रत्यपद्यत ॥६८॥ प्रभूतरथहस्त्यश्ववर्मशस्त्रायुधध्वजम् ॥ आदायोपययौ धीमान्ससैन्यं निहतेश्वरम् ॥ ६९ ॥ निवेदयामास ततो नराधिपे तदुग्रसेने प्रीतपूर्णमानसः ॥ जनार्दनो द्वारवतीं च तां पुरीमशोभयत्तेन धनेन भूरिणा ॥ ७० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कालयवनवधो नाम अष्टपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥५८॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रभाते विमले भास्करे उदिते तदा ॥ कृतजाप्यो हृषीकेशो वनान्ते निषसाद ह ॥ १ ॥ परिचक्राम तं देशं दुर्गस्थानदिदृक्षया ॥ उपतस्थुः कुलश्रेष्ठ्या यादवा यदुनन्दनम् ॥ २ ॥ रोहिण्यामहनि श्रेष्ठे स्वस्ति वाच्य द्विजोत्तमान् ॥ पुण्याहघोषैर्विपुलैर्दुर्गस्यारब्धवान्क्रियाम् ॥ ३ ॥ ततः पङ्कजपत्राक्षो यादवान्केशिसूदनः ॥ प्रोवाच वदतां श्रेष्ठो देवान्वृत्ररिपुर्यथा ॥ ४ ॥ कल्पितेयं मया भूमिः पश्यध्वं देवसद्मवत् ॥ नाम चास्याः कृतं पुर्याः ख्यातिं यदुपयास्यति ॥ ५ ॥ इयं द्वारवती नाम पृथिव्यां निर्मिता मया ॥ भविष्यति पुरी रम्या

अत्यधिक शोभित होने लगी ॥ ६९ ॥ ७० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५८ ॥

(द्वारावती पुरीका निर्माण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर जब रात बीती और सबेरे निर्मल सूर्यदेव उदित हुए, तब भगवान कृष्ण प्रातःकालीन जपविधान सम्पन्न हो जानेपर दुर्गका निर्माणस्थान देखनेके लिए वनमें गये। प्रधान-प्रधान यादव उनके साथ थे ॥ १ ॥ २ ॥ बादमें दुर्गनिर्माणस्थलीका निर्णय हो जानेपर शुभ दिन और रोहिणी नक्षत्रमें ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कराके दुर्गनिर्माणकार्य आरम्भ कराया ॥३॥ इसके बाद वृत्रघाती इन्द्र जिस प्रकार देवताओंको बुलाकर आदेश देते हैं, उसी प्रकार केशिसूदन भगवान कृष्णने यादवोंको सम्बोधित करके कहा—॥४॥ हे यादवगण! देखिए, मैंने स्वर्गभूमिके सदृश इस सुन्दर पुरस्थानका निर्वाचन करके इसके नामकरणका भी निश्चय कर लिया है। निर्माण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो जानेपर इसका नाम द्वारावती होगा और देखनेमें यह इन्द्रकी अमरावतीपुरीके सदृश रमणीक होगी ॥ ५ ॥ ६ ॥ अमरावतीमें जिस प्रकारके भवन, प्राङ्गण, गजपथ और अन्तःपुर निर्मित हुए हैं, यहाँ भी ठीक उसी प्रकार सब कुछ निर्मित होगा ॥७॥ देवताओंके समान आपलोग परम आनन्दके साथ इस निरुपद्रव पुरीमें निवास करेंगे। पहले गृहस्थान, त्रिपथ तथा चतुष्पथ युक्त राजमार्ग एवं राजमार्गके दोनों बगल प्रासादनिर्माणकी योजनाके अनुसार जमीनकी नाप कर लें ॥ ८ ॥ ९ ॥ गृहनिर्माण-कर्मके लिए सुनिपुण शिल्पियोंको बुलानेके वास्ते दूत भेज दिये जायँ और अन्यत्र भी भेजनेके लिए कुछ व्यक्ति नियुक्त कर दिये जायँ ॥१०॥ श्रीकृष्णके वचन सुनकर यादव बड़ी प्रसन्नताके साथ गृहनिर्माणकार्यमें तत्पर होकर बड़ी लगनसे सब काम करने लगे ॥ ११ ॥ पहले उन लोगोंने हाथमें सूत लेकर जमीनकी नाप की और उसके बाद शुभ दिन ब्राह्मणोंको बुलवाकर वास्तुपूजन किया ॥ १२ ॥ तदनन्तर भगवान

शक्रस्येवामरावती ॥ ६ ॥ तान्येवास्याः कारयिष्ये चिह्नान्यायतनानि च ॥ चत्वरान्राजमार्गांश्च समान्यन्तःपुराणि च ॥ ७ ॥ देवा इवात्र मोदन्तु भवन्तो विगतज्वराः ॥ बाधमाना रिपूनुग्रानुग्रसेनपुरोगमाः ॥ ८ ॥ गृह्यन्तां वेश्मवास्तूनि कल्प्यन्तां त्रिकचत्वराः ॥ मीयन्तां राजमार्गाश्च प्रासादस्य च या गतिः ॥ ९ ॥ प्रेष्यन्तां शिल्पिमुख्यानां युक्तानां वेश्मकर्मसु ॥ नियुज्यन्तां च देशेषु प्रेष्यकर्मकरा जनाः ॥ १० ॥ एवमुक्ते तु यदवो गृहसंग्रहतत्पराः ॥ यथानिवेशं संहृष्टाश्चक्रुर्वास्तुपरिग्रहम् ॥ ११ ॥ सूत्रहस्तास्ततो मानं चक्रुर्यादवसत्तमाः ॥ पुण्येऽहनि महाराज द्विजातीनभिपूज्य च ॥ १२ ॥ वास्तुदैवतकर्माणि विधिना कारयन्ति च ॥ स्थपतीनथ गोविन्दस्तत्रोवाच महामतिः ॥ १३ ॥ अस्मदर्थे सुविहितं क्रियतामत्र मन्दिरम् ॥ विविक्तचत्वरपथं सुनिविष्टेष्टदैवतम् ॥१४॥ ते तथेति महाबाहुमुक्त्वा स्थपतयस्तदा ॥ दुर्गकर्माणि संस्कारानुपकल्प्य यथाविधि ॥१५॥ यथान्यायं निर्ममिरे दुर्गाण्यायतनानि च ॥ स्थानानि निदधुश्चात्र ब्रह्मादीनां यथाक्रमम् ॥१६॥ अपामग्नेः सुरेशस्य दृषदोलूखलस्य च ॥ चातुर्दैवानि चत्वारि द्वाराणि निदधुश्च ते ॥ १७ ॥ शुद्धाक्षमैन्द्रं भल्लाटं पुष्पदन्तं तथैव च ॥ तेषु वेश्मसु युक्तेषु यादवेषु महात्मसु ॥ १८ ॥ पुर्याः क्षिप्रं निवेशार्थं चिन्तयामास माधवः ॥ तस्य देवोत्थिता बुद्धिर्विमला क्षिप्रकारिणी ॥ १९ ॥ पुर्याः प्रियकरी सा वै यदूनामभिवर्द्धिनी ॥ शिल्पिमु-

वासुदेवने स्थपतियोंको बुलवाकर कहा—तुम हमलोगोंके लिए चत्वर, पथ और इष्टदेवके स्थान सहित मनोहर भवनोंका निर्माण करो ॥१३॥१४॥ उन स्थपतियोंने भगवानकी आज्ञा 'तथास्तु' कहकर स्वीकार की और उस स्थानके कण्टकादि दूरके जमीन साफ कर ली। तदनन्तर नियमानुसार उन्होंने भवननिर्माणका निश्चय किया और उन भवनोंके बाहरी भागमें ब्रह्मा, वरुण, अग्नि, इन्द्र तथा दृषद (चक्की) और उलूखल (ओखली) के स्थान नियत किये। बादमें शुद्धाक्ष, ऐन्द्र, भल्लाट और पुष्पदन्त नामके चार द्वार निर्धारित किये गये। अनेक महात्मा यादव गृहनिर्माणके कार्यमें नियुक्त किये गये थे ॥ १५-१८ ॥ इधर भगवान कृष्ण यह सोचने लगे कि कौन-सा ऐसा उपाय किया जाय कि जिससे यह नगरी शीघ्र बस जाय। स्वेच्छासे ही उनके हृदयमें ऐसी विमल और क्षिप्रकारिणी बुद्धि उदित हुई थी ॥१९॥ जिससे यादवोंका उत्साह बढ़ा और वे पूर्ण तन्मयतासे पुरनिर्माणके कार्यमें लग गये। फिर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवानने यह विचार स्थिर किया कि प्रजापतिके पुत्र विश्वकर्मा देवताओंके शिल्पी हैं। अतएव यदि वे ही अपनी इच्छासे इस पुरीका निर्माण करें तो अच्छा हो। मन ही मन ऐसा सोचकर वे विश्वकर्माके आगमनकी प्रतीक्षा करते हुए स्वर्गाभिमुख होकर एक निर्जन स्थानमें बैठ गये ॥२०॥२१॥ कुछ ही क्षणोंमें शिल्पाचार्य महामति विश्वकर्मा उनके सम्मुख आ उपस्थित हुए ॥ २२ ॥ आकर उन्होंने श्रीकृष्णभगवानसे कहा—हे विष्णो ! हे धृतव्रत ! हे देवराज ! इन्द्रने मुझे आपके पास भेजा है। मैं आपका किंकर हूँ। जिस तरह देवराज इन्द्र और त्रिनयन शंकरजी मेरे प्रभु हैं, उसी प्रकार आप भी मेरे स्वामी हैं। उनमें और आपमें कुछ भी अन्तर नहीं है ॥२३॥२४॥ आप जिस तरह अपने वचनसे त्रिलोकीको आदेश देते हैं, उसी प्रकार इस समय मुझे भी आज्ञा दीजिए कि हमको आपका कौन-सा कार्य सम्पन्न करना होगा ॥२५॥ हे महाराज ! भगवान कृष्ण विश्वकर्माके विनीत वचन सुनकर बहुत

ख्यस्तु देवानां प्रजापतिसुतः प्रभुः ॥ २० ॥ विश्वकर्मा स्वसामर्थ्यात्पुरीं संस्थापयिष्यति ॥ मनसा समनुध्याय तस्यागमनकारणात् ॥ त्रिदशा-
भिमुखः कृष्णो विविक्ते समपद्यत ॥ २१ ॥ तस्मिन्नेव ततः काले शिल्पाचार्यो महामतिः ॥ विश्वकर्मा सुरश्रेष्ठः कृष्णस्य प्रमुखे स्थितः ॥ २२ ॥
विश्वकर्मोवाच ॥ शक्रेण प्रेषितः क्षिप्रं तव विष्णो धृतव्रत ॥ किंकरः समनुप्राप्तः शाधि मां किं करोमि ते ॥ २३ ॥ यथाऽसौ देवदेवो मे शंकरश्च
यथाऽव्ययः ॥ तथा त्वं देवमान्यो मे विशेषो नास्ति वः प्रभो ॥ २४ ॥ त्रैलोक्यज्ञापिकां वाचमुत्सृजस्व महाभुज ॥ एषोऽस्मि परिदृष्टार्थः किं
करोमि प्रशाधि माम् ॥ २५ ॥ श्रुत्वा विनीतं वचनं केशवो विश्वकर्मणः ॥ प्रत्युवाच यदुश्रेष्ठः कंसारिरतुलं वचः ॥ २६ ॥ श्रुतार्थो देवगुह्यस्य
भवान् यत्र वयं स्थिताः ॥ अवश्यं त्विह कर्तव्यं सदनं मे सुरोत्तम ॥ २७ ॥ तदियं पूः प्रकाशार्थं निवेश्या मयि सुव्रत ॥ मत्प्रभावानुरूपैश्च गृहै-
श्चेयं समन्ततः ॥ २८ ॥ उत्तमा च पृथिव्यां वै यथा स्वर्गेऽमरावती ॥ तथेयं हि त्वया कार्या शक्तो ह्यसि महामते ॥ २९ ॥ मम स्थानमिदं कार्यं
यथा वै त्रिदिवे तथा ॥ मर्त्याः पश्यन्तु मे लक्ष्मीं पुर्या यदुकुलस्य च ॥ ३० ॥ एवमुक्तस्ततः प्राह विश्वकर्मा मतीश्वरः ॥ कृष्णमक्लिष्टकर्माणं
देवामित्रविनाशनम् ॥ ३१ ॥ सर्वमेतत्करिष्यामि यत्त्वयाऽभिहितं प्रभो ॥ पुरी त्वियं जनस्यास्य न पर्याप्ता भविष्यति ॥ ३२ ॥ भविष्यति च विस्तीर्णा

प्रसन्न हुए और कहने लगे—॥ २६ ॥ भद्र ! देवताओंका कोई भी अभिप्राय आपसे छिपा नहीं है। मैं अपने लोकमें जिस प्रकारको जगहपर रहता हूँ, यह आपको मालूम है। यहाँ भी आपको उसी प्रकारका स्थान मेरे लिए बनाना होगा ॥ २७ ॥ अपनी महिमा प्रकट करनेके लिए आप इस पुरीका निर्माण कर दीजिए। इसके चारों ओर मेरा जैसा प्रभाव है, तदनुरूप गृहनिर्माण आवश्यक है ॥ २८ ॥ जिस तरह स्वर्गमें अमरावतीपुरी है, उसी प्रकारकी पुरीका निर्माण यहाँ आपको करना होगा। किसी तरहकी भी न्यूनता न आनी चाहिए। क्योंकि आप ऐसा करनेमें समर्थ हैं। मैं चाहता हूँ कि इस मर्त्यलोकके प्राणी भी मेरा तथा यदुकुलका ऐश्वर्य देखें ॥ २९ ॥ ३० ॥ देवशत्रुविनाशन भगवान् कृष्णके वचनोंको सुनकर मतिमान् विश्वकर्मा उन्हें सम्बोधित करके बोले—॥३१॥ हे प्रभो ! आपने जो कहा है, मैं वैसा ही करूँगा। किन्तु यह पुरी सब यादवोंके रहनेके लिए पर्याप्त न होगी ॥३२॥ हाँ, यदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समुद्र कुछ जगह दे दे तो यह पुरी बहुत सुन्दर बन जायगी'। उस समय इस पुरीमें इतना अधिक स्थान हो जायगा कि चाहें तो मूर्तिमान् चारों समुद्र भी इसमें विचरण कर लें॥ ३३॥ ३४॥ श्रीकृष्णभगवान समुद्रसे स्थान माँगनेका पहले ही से कृतसंकल्प थे। इस समय विश्वकर्माके वचन सुनकर उन्होंने नदीपति समुद्रको सम्बोधित करके कहा—॥ ३५ ॥ हे समुद्र! मुझे बारह योजन विस्तृत स्थान और चाहिए। यदि तुम इतनी जगह और दे दोगे तो मेरी पुरीमें पर्याप्त स्थान हो जायगा और मेरी सेना आदिको रहनेकी सुविधा हो जायगी। अतएव यदि मेरे प्रति तुम्हारी मान्यता हो तो बारह योजन पीछे हट जाओ ॥ ३६–३८ ॥ नद-नदीपति समुद्र कृष्णके वचन सुनकर वायुकी सहायतासे तत्काल बारह योजन पीछे हट गया ॥ ३९ ॥ तब विश्वकर्माने भगवानसे कहा—आपलोग आजसे ही नगरप्रवेशका कार्य आरम्भ कर दीजिए। मैं अभी अपने मनोयोगसे गृहपरिपूर्ण रमणीक द्वारावती पुरीका निर्माण किये

वृद्धिरस्यास्तु शोभना ॥ चत्वारः सागरा ह्यस्यां विचरिष्यन्ति रूपिणः ॥ ३३ ॥ यदीच्छेत्सागरः किंचिदुत्स्रष्टुमपि तोयराट् ॥ ततः स्वायतलक्षण्या पुरी स्यात्पुरुषोत्तम ॥ ३४ ॥ एवमुक्तस्ततः कृष्णः प्रागेव कृतनिश्चयः ॥ सागरं सरितां नाथमुवाच वदतां वरः ॥ ३५ ॥ समुद्र दश च द्वे च योजनानि जलाशये ॥ प्रतिसंह्रियतामात्मा यद्यस्ति मयि मान्यता ॥ ३६ ॥ अवकाशे त्वया दत्ते पुरीयं मामकं बलम् ॥ पर्याप्तविषया रम्या समग्रं विसहिष्यति ॥ ३७ ॥ ततः कृष्णस्य वचनं श्रुत्वा नदनदीपतिः ॥ स मारुतेन योगेन उत्ससर्ज जलाशयम् ॥ ३८ ॥ विश्वकर्मा ततः प्रीतः पुर्याः संलक्ष्य वास्तु तत् ॥ गोविन्दे चैव सम्मानं कृतवान्सागरस्तदा ॥ ३९ ॥ विश्वकर्मा ततः कृष्णमुवाच यदुनन्दनम् ॥ अद्यप्रभृति गोविन्द सर्वे समधिरोहत ॥ ४० ॥ मनसा निर्मिता चेयं मया पूः प्रवरा विभो ॥ अचिरेणैव कालेन गृहसंबाधमालिनी ॥ ४१ ॥ भविष्यति पुरी रम्या सुद्वारा प्राग्र्यतोरणा ॥ चयाट्टालककेयूरा पृथिव्यां ककुदोपमा ॥ ४२ ॥ अन्तःपुरं च कृष्णस्य परिचर्याक्षयं महत् ॥ चकार तस्यां पुर्यां वै देशे त्रिदशपूजिते ॥ ४३ ॥ ततः सा निर्मिता कान्ता पुरी द्वारावती तदा ॥ मानसेन प्रयत्नेन वैष्णवी विश्वकर्मणा ॥ ४४ ॥ विधानविहितद्वारा प्रकारवरशोभिता ॥ परिखाचयसंगुप्ता साट्टप्राकारतोरणा ॥ ४५ ॥ कान्तनारीनरगणा वणिग्भिरुपशोभिता ॥ नानापण्यगणाकीर्णा खेचरीव च गां गता ॥ ४६ ॥ प्रपावापीप्रसन्नोदा उद्यानैरुपशोभिता ॥ समन्ततः संवृताङ्गी वनितेवायतेक्षणा ॥ ४७ ॥ समृद्धचत्वरवती वेश्मोत्तमघनाचिता ॥ रथ्याको-

देता हूँ ॥ ४० ॥ ४१ ॥ इसके द्वार, तोरण और अट्टालिकायें बहुत ही उत्कृष्ट होंगी। यह पुरी पृथिवीपर पर्वतशिखरके समान समुन्नत हो उठेगी ॥ ४२ ॥ हे महाराज! ऐसा कहकर देवशिल्पी विश्वकर्माने अपने मनोयोगसे पुरीका निर्माण आरम्भ कर दिया। तदनुसार उस पुरीमें कृष्णभगवानके लिए सुप्रशस्त अन्तःपुर और स्नानागार बन गया ॥ ४३ ॥ विश्वकर्माने अपने मानस प्रयत्नसे शीघ्र वह वैष्णवी तथा सर्वप्रिय द्वारावतीपुरी बनाकर तैयार कर दी ॥ ४४ ॥ उसके द्वार, प्राचीर और परिखा आदिकी शोभा असीम थी। स्त्री, पुरुष, वणिक् और विविध पण्य द्रव्योंसे वह पुरी परिपूर्ण हो गयी। उसे देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि मानों कोई आकाशगामिनी अप्सरा स्वर्गसे पृथिवीपर उतर आयी है ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ जलपान-गृह, बावड़ी और उद्यानों आदिसे परिपूर्ण वह नगरी दीर्घापाङ्गी कामिनीकी तरह सुशोभित होने लगी ॥ ४७ ॥ उस नगरीके सभी स्थानोंपर सुन्दर चबूतरे, अट्टालिकायें और चारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और हजारों सुप्रशस्त राजमार्ग बने हुए थे ॥ ४८ ॥ वह द्वारावतीपुरी समुद्रको सुशोभित करती हुई इन्द्रपुरीकी भाँति सुन्दर दीख रही थी। पृथिवीपर जितने भी रत्न थे, वे सब उस पुरीमें पहुँच गये थे ॥४९॥ तत्काल वह स्थान देवताओंके लिए प्रार्थनीय तथा सामन्त राजाओंके लिए क्षोभका कारण बन गया। उस नगरीकी अट्टालिकायें इतनी ऊँची थीं कि उनकी ऊँचाईसे आकाशका मार्ग अवरुद्ध हो गया ॥ ५० ॥ वह नगरी मनुष्योंकी भीड़ और उनके कोलाहलसे नित्य मुखरित रहती थी। सदा समुद्रकी तरंगोंके उठते रहनेके कारण वहाँकी वायु शीतल होकर बहा करती थी ॥ ५१ ॥ सजल स्थानों तथा उपवनोंकी शोभा धारण कर लेनेके कारण द्वारकापुरी नक्षत्रमण्डलसे परिपूर्ण आकाशके समान सुन्दर दीखने लगी ॥ ५२ ॥ रक्तवर्णके स्वर्णिम प्राचीरों, हेमदाम तथा चहल-पहलसे परिपूर्ण भवनों, श्वेत मेघसदृश शुभ्र द्वारों, अट्टालिकाओं एवं स्थान-स्थानपर निर्मित महोन्नत प्रासादोंकी छायासे समावृत

टिसहस्राढ्या शुभ्रराजपथोत्तरा ॥४८॥ भूषयन्ती समुद्रं सा स्वर्गमिन्द्रपुरी यथा ॥ पृथिव्यां सर्वरत्नानामेका निचयशालिनी ॥४९॥ सुराणामपि सुक्षेत्रा सामन्तक्षोभकारिणी ॥ अप्रकाशं तदाकाशं प्रासादैरुपकुर्वती ॥ ५० ॥ पृथिव्यां पृथुराष्ट्रायां जनौघप्रतिनादिता ॥ ओघैश्च वारिराजस्य शिशिरीकृतमारुता ॥ ५१ ॥ अनूपोपवनैः कान्तैः कान्त्या जनमनोहरा ॥ सतारका द्यौरिव सा द्वारका प्रत्यराजत ॥ ५२ ॥ प्राकारेणार्कवर्णेन शातकौम्भेन संवृता ॥ हिरण्यप्रतिवर्णैश्च गृहैर्गम्भीरनिःस्वनैः ॥ ५३ ॥ शुभ्रमेघप्रतीकाशैर्द्वारैः सौधैश्च शोभिता ॥ क्वचित्क्वचिदुदग्राग्रैरुपावृतमहापथा ॥ ५४ ॥ तामावसत्पुरीं कृष्णः सर्वे यादवनन्दनाः ॥ अभिप्रेतजनाकीर्णां सोमः खमिव भासयन् ॥ ५५ ॥ विश्वकर्मा च तां कृत्वा पुरीं शक्रपुरीमिव ॥ जगाम त्रिदिवं देवो गोविन्देनाभिपूजितः ॥ ५६ ॥ भूयश्च बुद्धिरभवत्कृष्णस्य विदितात्मनः ॥ जनानिमान्धनौघैश्च तर्पयेयमहं यदि ॥ ५७ ॥ स वैश्रवणसंस्पृष्टं निधीनामुत्तमं निधिम् ॥ शङ्खमाह्वयतोपेन्द्रो निशि स्वे भवने प्रभुः ॥ ५८ ॥ स शङ्खः केशवाह्वानं ज्ञात्वा हि निधिराट् स्वयम् ॥ आजगाम समीपं वै तस्य द्वारावतीपतेः ॥ ५९ ॥ स शङ्खः प्राञ्जलिर्भूत्वा विनयादवनिं गतः ॥ कृष्णं विज्ञापयामास यथा वैश्रवणं तथा ॥ ६० ॥ भगवन्किं मया कार्यं सुराणां वित्तरक्षिणा ॥ नियोजय महाबाहो यत्कार्यं यदुनन्दन ॥ ६१ ॥ तमुवाच हृषीकेशः शङ्खगुह्यकमुत्तमम् ॥

राजमार्गोंने उस पुरीकी शोभा और भी बढ़ा दी थी ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ यादवानन्दवर्द्धन कृष्ण आकाशमण्डलमें विद्यमान चन्द्रमाके समान द्वारकापुरीको देदीप्यमान करते हुए बड़े आनन्दके साथ रहने लगे ॥ ५५ ॥ विश्वकर्मा भी द्वारकापुरीको इन्द्रकी अमरावतीपुरीके समान सुसज्ज करके और भगवानके द्वारा सम्मानित होकर चले गये ॥ ५६ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णने द्वारकावासियोंको धन द्वारा तृप्त करनेके विचारसे एक दिन रात्रिके समय कुबेरके अधीनस्थ निधिपति शंखको अपने भवनमें बुलवाया ॥५७॥५८॥ उनके आह्वानमात्रसे निधिपति द्वारकाधीशके निकट जा पहुँचे। उन्होंने मस्तक झुकाकर भगवानको प्रणाम किया और जो आदर वे कुबेरको देते थे, वैसा ही आदर देते हुए हाथ जोड़कर उन्होंने कहा—॥५९॥६०॥ हे भगवन्! मैं देवताओंका वित्तरक्षक (खजानची) हूँ। हे यदुनन्दन! इस समय मुझे क्या सेवा करनी है। सो आज्ञा दीजिए ॥६१॥ तब उस शंख नामके यक्षसे भगवानने कहा—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हमारी द्वारकापुरीमें जो लोग अल्पधनी हैं, उन्हें तुम धनवान् कर दो ॥ ६२ ॥ क्योंकि मैं इस नगरीमें किसीको भूखा, दुर्बल, मलिन, याचक और निर्धन नहीं देखना चाहता ॥ ६३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवान कृष्णके वचन सुनकर निधिपति शंखने नतमस्तक हो उनकी आज्ञा शिरोधार्य करके अपनी निधियोंको बुलाया और उनसे कहा—हे निधिगण ! तुम जाकर द्वारकापुरीके प्रत्येक घरमें धनकी वर्षा करो। उन निधियोंने तत्काल अपने प्रभुकी आज्ञाका पालन किया। अतएव द्वारकामें कोई निर्धन नहीं रह गया। वहाँके सभी लोग एकाएक धनवान् हो गये। अब उस पुरीमें कोई भी निर्धन, अभागा, कृश या मलीन व्यक्ति नहीं रहा। तदनन्तर एक दिन भगवान कृष्णने द्वारकावासियोंका कल्याण करनेके लिए वायुदेवको बुलवाया ॥ ६४–६७ ॥ उनके आह्वान करते ही जगत्प्राण वायुदेवने एकान्तमें बैठे हुए भगवानके पास जाकर कहा—॥ ६८ ॥ हे देव ! मैं जैसे देवताओंका दूत हूँ, उसी प्रकार आपका

जनाः कृशधना येऽस्मिंस्तान्धनेनाभिपूरय ॥ ६२ ॥ नेच्छाम्यनशितं द्रष्टुं कृशं मलिनमेव च ॥ देहीति चैव याचन्तं नगर्यां निर्धनं नरम् ॥ ६३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ गृहीत्वा शासनं मूर्ध्ना निधिराट् केशवस्य ह ॥ निधीनाज्ञापयामास द्वारवत्यां गृहे गृहे ॥ ६४ ॥ धनौघैरभिवर्षध्वं चक्रुः सर्वं तथा च ते ॥ नाधनो विद्यते तत्र क्षीणभाग्योऽपि वा नरः ॥ ६५ ॥ कृशो वा मलिनो वाऽपि द्वारवत्यां कथञ्चन ॥ द्वारवत्यां पुरि पुरा केशवस्य महात्मनः ॥ ६६ ॥ चकार वायोराह्वानं भूयश्च पुरुषोत्तमः ॥ तत्रस्थ एव भगवान् यादवानां प्रियङ्करः ॥ ६७ ॥ प्राणयोनिस्तु भूतानामुपतस्थे गदाधरम् ॥ एकमासीनमेकान्ते देवगुह्यधरं प्रभुम् ॥ ६८ ॥ किं मया देव कर्तव्यं सर्वगेनाशुगामिना ॥ यथैव दूतो देवानां तथैवास्मि तवानघ ॥ ६९ ॥ तमुवाच ततः कृष्णो रहस्यं पुरुषो हरिः ॥ मारुतं जगतः प्राणं रूपिणं समुपस्थितम् ॥ ७० ॥ गच्छ मारुत देवेशमनुमान्य सहामरैः ॥ सभां सुधर्मामादाय देवेभ्यस्त्वमिहानय ॥ ७१ ॥ यादवा धार्मिका ह्येते विक्रान्ताश्च सहस्रशः ॥ तस्यां विशेयुरेते वै न तु या कृत्रिमा भवेत् ॥ ७२ ॥ या ह्यक्षया सभा रम्या कामगा कामरूपिणी ॥ सा यदून्धारयेत्सर्वान् यथैव त्रिदशांस्तथा ॥ ७३ ॥ संगृह्य वचनं तस्य कृष्णस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ वायुरात्मोपमगतिर्जगाम त्रिदिवालयम् ॥ ७४ ॥ सोऽनुमान्य सुरान्सर्वान्कृष्णवाक्यं निवेद्य च ॥ सभां सुधर्मामादाय पुनरायान्महीतलम् ॥ ७५ ॥ सुधर्माय सुधर्मां तां कृष्णायाक्लिष्टकारिणे ॥ देवो देवसभां दत्त्वा वायुरन्तरधीयत ॥ ७६ ॥ द्वारवत्यास्तु सा मध्ये केशवेन निवेशिता ॥ सुधर्मा

भी किंकर हूँ। मुझे आज्ञा दीजिए। मैं आपकी क्या सेवा करूँ ? ॥ ६९ ॥ तब भगवानने दिव्य देह धारण करके अपने सम्मुख उपस्थित वायुसे कहा—॥ ७० ॥ हे मारुत ! तुम शीघ्र स्वर्गकी देवसभामें जाओ और देवताओंसे अनुमति प्राप्त करके उनकी सुधर्मा नामकी देवसभाको यहाँ ले आओ ॥ ७१ ॥ असाधारण पराक्रमी और धर्मात्मा यादव देवताओंके समान उस सभाके सभासद बनेंगे। हाँ, वह सभा कृत्रिम न होनी चाहिए। जो देवसभा अविनाशिनी, इच्छाचारिणी और कामरूपिणी है, वही सभा यहाँ आना चाहिए ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ पवनदेव श्रीकृष्णके वचन सुनते ही बड़े वेगसे चले और शीघ्र देवसभामें जा पहुँचे ॥ ७४ ॥ वहाँ सब देवताओंको भगवान कृष्णका आदेश सुनाया और उनकी अनुमतिसे सुधर्मा सभाको साथ लेकर पुनः धरतीपर लौट आये ॥ ७५ ॥ यहाँ आकर उन्होंने वह सुधर्मा सभा भगवानको सौंप दी और अन्तर्धान हो गये ॥ ७६ ॥ इधर भगवानने द्वारकावासियोंके कल्याणार्थ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वर्गोपम द्वारकाके मध्य सुधर्माकी स्थापना कर दी ॥ ७७ ॥ उस समय भगवान धीरे-धीरे स्वर्गीय, पार्थिव तथा जलजादि विविध प्रकारकी वस्तुओंका सम्पादन करके एक सुन्दरी स्त्रीके समान द्वारकाका शृङ्गार करने लगे ॥ ७८ ॥ तदनन्तर श्रेणीविभाग, प्रकृतिविभाग और शासनविभागका काम चालू हो गया ॥ ७९ ॥ तदनुसार महाराज उग्रसेन राजा, काशीनरेश पुरोहित, अनाधृष्टि सेनापति, विकद्रु मुख्य मन्त्री, वृद्ध और मुख्य-मुख्य दस यादव सर्वाध्यक्ष, सुनिपुण और अतिरथ दारुक सारथी तथा रणकुशल सात्यकि सेनाध्यक्ष बनाये गये ॥८०–८२॥ लोकस्रष्टा श्रीकृष्ण इस प्रकार विविध व्यवस्था करके यादवोंके साथ बड़े आनन्दपूर्वक पृथिवीतलपर विहार करने लगे ॥ ८३ ॥ तदनन्तर कुछ समय बाद भगवान कृष्णकी अनुमतिसे

यदुमुख्यानां देवानां त्रिदिवे यथा ॥ ७७ ॥ एवं दिव्यैश्च भोगैश्च जलजैश्चाव्ययो हरिः ॥ द्रव्यैरलंकरोति स्म पुरीं स्वां प्रमदामिव ॥ ७८ ॥ मर्यादाश्चैव संचक्रे श्रेणीश्च प्रकृतीस्तथा ॥ बलाध्यक्षांश्च युक्तांश्च प्रकृतीशांस्तथैव च ॥ ७९ ॥ उग्रसेनं नरपतिं काश्यं चापि पुरोहितम् ॥ सेनापतिमनाधृष्टिं विकद्रुं मन्त्रिपुङ्गवम् ॥ ८० ॥ यादवानां कुलकरान्स्थविरान्दश तत्र वै ॥ मतिमान्स्थापयामास सर्वकार्येष्वनन्तरान् ॥ ८१ ॥ रथेष्वतिरथो यन्ता दारुकः केशवस्य वै ॥ योधमुख्यश्च योधानां प्रवरः सात्यकिः कृतः ॥ ८२ ॥ विधानमेवं कृत्वाऽथ कृष्णः पुर्यामनिन्दितः ॥ मुमुदे यदुभिः सार्द्धं लोकस्रष्टा महीपते ॥ ८३ ॥ रेवतस्याथ कन्यां च रेवतीं शीलसम्मताम् ॥ प्राप्तवान्बलदेवस्तु कृष्णस्यानुमते तदा ॥ ८४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्वारवतीनिर्माणं नामैकोनषष्टितमोऽध्यायः ॥ ५९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नेव काले तु जरासंधः प्रतापवान् ॥ नृपानुद्योजयामास चेदिराजप्रियेप्सया ॥ १ ॥ सुताया भीष्मकस्याथ रुक्मिण्या रुक्मभूषणः ॥ शिशुपालस्य नृपतेर्विवाहो भविता किल ॥ २ ॥ दन्तवक्त्रस्य तनयं सुवक्त्रममितौजसम् ॥ सहस्राक्षसमं युद्धे मायाशतविशारदम् ॥ ३ ॥ पौण्ड्रस्य वासुदेवस्य तथा पुत्रं महाबलम् ॥ सुदेवं वीर्यसम्पन्नं पृथगक्षौहिणीपतिम् ॥ ४ ॥ एकलव्यस्य पुत्रं च वीर्यवन्तं महाबलम् ॥ पुत्रं च पाण्ड्यराजस्य कलिङ्गाधिपतिं तथा ॥ ५ ॥ कृताप्रियं च कृष्णेन वेणुदारिं नराधिपम् ॥ अंशुमन्तं तथा क्राथं श्रुतधर्माणमेव च ॥ ६ ॥ निवृत्तशत्रुं कालिङ्गं गान्धाराधिपतिं तथा ॥ प्रसह्य च महावीर्यं कौशाम्ब्यधिपमेव च ॥ ७ ॥ भगदत्तो महासेनः शलः शाल्वो महाबलः ॥

बलरामने सुशीला रेवतकन्या रेवतीके साथ अपना विवाह कर लिया ॥८४॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायामेकोनषष्टितमोऽध्यायः ॥५९॥

(रुक्मिणी-हरण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इधर प्रतापी जरासन्धने चेदिराज दमघोषका प्रिय कार्य सम्पादन करनेके लिए शिशुपालके साथ महाराज भीष्मककी कन्या रुक्मिणीका विवाह होगा, इस बातकी राजमण्डलीमें घोषणा कर दी ॥ १ ॥ २ ॥ तदनन्तर कपटयुद्धमें निपुण और इन्द्रके समान पराक्रमी दन्तवक्त्रतनय सुवक्त्र, महाबली, परम पराक्रमी और अक्षौहिणीपति पौण्ड्र वासुदेवका पुत्र सुदेव, बलवान् एकलव्यका पुत्र, पाण्ड्यराजका पुत्र, कलिङ्गनरेश, कृष्णशत्रु वेणुदारि, क्रथका पुत्र अंशुमान्, श्रुतधर्मा, गान्धारनरेश, विशाल सेनाका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अधिपति भगदत्त, शल, शाल्व, भूरिश्रवा और कुन्तिवीर्य आदि राजाओंको इस समारोहका समाचार भेज दिया गया और वे लोग स्वयंवरमें सम्मिलित होनेके लिए भोजराजके यहाँ जा पहुँचे ॥३-८॥ इतनी कथा सुनकर महाराज जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! वेदवेत्ता और तेजस्वी राजा रुक्मी किस प्रदेश और किस वंशमें उत्पन्न हुआ था ? ॥ ९ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज ! राजर्षि यादवका विदर्भनामसे विख्यात एक पुत्र हुआ । उसने विन्ध्यपर्वतके दक्षिण विदर्भा नामकी एक नगरी बसायी ॥ १० ॥ क्रथ-कैशिक आदि जो उसके कई पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुए, उन सबका वंश सर्वथा स्वतन्त्र था ॥ ११ ॥ उसी वंशमें भीमसे वृष्णियोंकी उत्पत्ति हुई । उनसे क्रथके वंशमें भीष्मक उत्पन्न हुए ॥ १२ ॥ भीष्मकको ही कुछ लोग हिरण्यरोमा भी कहते थे । राजा भीष्मक कुण्डिन नगरके अधिपति बने और अगस्त्यपालित दाक्षिणात्य प्रदेशोंपर शासन करने लगे ॥ १३ ॥ उन्हीं महाराज भीष्मकका पुत्र रुक्मी

भूरिश्रवा महासेनः कुन्तिवीर्यश्च वीर्यवान् ॥ स्वयंवरार्थं संप्राप्ता भोजराजनिवेशने ॥ ८ ॥ जनमेजय उवाच ॥ कस्मिन्देशे नृपो जज्ञे रुक्मी वेद-
विदां वरः ॥ कस्यान्ववाये द्युतिमान्संभूतो द्विजसत्तम ॥ ९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ राजर्षेर्यादवस्यासीद्विदर्भो नाम वै सुतः ॥ विन्ध्यस्य दक्षिणे
पार्श्वे विदर्भायां न्यवेशयत ॥ १० ॥ क्रथकैशिकमुख्यास्तु पुत्रास्तस्य महाबलाः ॥ बभूवुर्वीर्यसम्पन्नाः पृथग्वंशकरा नृपाः ॥ ११ ॥ तस्यान्ववाये
भीमस्य जज्ञिरे वृष्णयो नृपाः ॥ क्रथस्य त्वंशुमान्वंशे भीष्मकः कैशिकस्य तु ॥ १२ ॥ हिरण्यरोमेत्याहुर्यं दाक्षिणात्येश्वरं नृपाः ॥ अगस्त्यगुप्ता-
माशां यः कुण्डिनस्थोऽभवन्नृपः ॥ १३ ॥ रुक्मी तस्याभवत्पुत्रो रुक्मिणी च विशांपते ॥ रुक्मी चास्त्राणि दिव्यानि द्रुमात्प्राप महाबलः ॥ १४ ॥
जामदग्न्यात्तथा रामाद्ब्राह्ममस्त्रमवाप्तवान् ॥ प्रास्पर्द्धत स कृष्णेन नित्यमद्भुतकर्मणा ॥ १५ ॥ रुक्मिणी त्वभवद्राजन्रूपेणासदृशी भुवि ॥ चकमे
वासुदेवस्तां श्रवादेव महाद्युतिः ॥ १६ ॥ स तया चाभिलषितः श्रवादेव जनार्दनः ॥ तेजोवीर्यबलोपेतः स मे भर्ता भवेदिति ॥ १७ ॥ तां ददौ
न च कृष्णाय द्वेषाद्रुक्मी महाबलः ॥ कंसस्य वधसंतापात्कृष्णायामिततेजसे ॥ याचमानाय कंसस्य द्वेष्योऽयमिति चिन्तयन् ॥ १८ ॥ चैद्यस्यार्थे
सुनीथस्य जरासन्धस्तु भूमिपः ॥ वरयामास तां राजा भीष्मकं भीमविक्रमम् ॥ १९ ॥ चेदिराजस्य तु वसोरासीत्पुत्रो बृहद्रथः ॥ मगधेषु पुरा
येन निर्मितोऽसौ गिरिव्रजः ॥२०॥ तस्यान्ववाये जज्ञेऽसौ जरासंधो महाबलः ॥ वसोरेव तदा वंशे दमघोषोऽपि चेदिराट् ॥ २१ ॥ दमघोषस्य

तथा कन्या रुक्मिणी हुई । परम प्रतापी द्रुमसे अनेक दिव्य अस्त्र तथा जमदग्नितनय परशुरामसे ब्रह्मास्त्र प्राप्त करके रुक्मी अद्भुतकर्मा कृष्णसे द्वेष करने लगा ॥१४॥१५॥ इधर रुक्मणीके तुल्य रूपवती रमणी संसारमें और कोई नहीं है, यह समाचार सुनकर महामति वासुदेव श्रीकृष्णने उसका पाणिग्रहण करनेकी इच्छा की ॥ १६ ॥ रुक्मिणी भी उन्हींको पतिरूपमें वरण करने लिए प्रतिज्ञा कर चुकी थी ॥ १७ ॥ किन्तु रुक्मी कंसवधके सन्ताप और स्वाभाविक द्वेषवश किसी तरह कृष्णके साथ रुक्मणीका विवाह करनेके लिए सहमत नहीं हुआ ॥१८॥ तदनन्तर महाबली और परम पराक्रमी राजा जरासन्धने सुनीथ अर्थात् शिशुपालके लिए राजा भीष्मकसे वह कन्या माँगी ॥ १९ ॥ कन्या माँगनेका कारण यह था कि चेदिराज वसुके बृहद्रथ नामका एक पुत्र था । उस बृहद्रथने ही पूर्वकालमें मगध देशमें गिरिव्रज नामका नगर बसाया था ॥२०॥ महाबली राजा जरासन्ध उसी वंशमें उत्पन्न हुआ था । चेदिराज दमघोषका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मी जन्म उसी वंशमें हुआ था ॥ २१ ॥ वसुदेवकी भगिनी श्रुतश्रवाके गर्भसे दमघोषके शिशुपाल, दशग्रीव, रैभ्य, उपदिश और बली ये पाँच पुत्र उत्पन्न हुए। वे पाँचों पुत्र सर्वास्त्रविशारद और असाधारण पराक्रमी वीर थे ॥ २२ ॥ २३ ॥ जरासन्ध और दमघोष दोनों एक ही वंशमें उत्पन्न हुए थे। अतएव जरासन्धकी सहायता करनेके विचारसे दमघोषने शिशुपालको उसे दे दिया और जरासन्ध भी निजी पुत्रके समान मानता हुआ उसका पालन करने लगा ॥ २४ ॥ इसी कारण शिशुपालने वृष्णिशत्रु महाबली जरासन्धका प्रिय करनेके लिए वृष्णियोंके अनेक अपकार किये ॥२५॥ परम पराक्रमी कंस जरासन्धका जामाता था। अतएव कृष्णके द्वारा कंसका विनाश हो जानेपर जरासन्धका प्रिय करनेके लिए वृष्णियोंके साथ उसका वैरभाव बद्धमूल हो गया ॥ २६ ॥ इसी कारण बलवान् जरासन्धने शिशुपालके लिए राजा भीष्मकसे उनकी कन्या रुक्मिणी माँगी और भीष्मक भी इसके लिए सहमत हो गये ॥ २७ ॥ तदनन्तर

पुत्रास्तु पञ्च भीमपराक्रमाः ॥ भगिन्यां वसुदेवस्य श्रुतश्रवसि जज्ञिरे ॥ २२ ॥ शिशुपालो दशग्रीवो रैभ्योऽथोपदिशो बली ॥ सर्वास्त्रकुशला वीरा वीर्यवन्तो महाबलाः ॥ २३ ॥ ज्ञातेः समानवंशस्य सुनीथः प्रददौ सुतम् ॥ जरासंधस्तु सुतवद्ददर्शैनं जुगोप च ॥ २४ ॥ जरासंधं पुरस्कृत्य वृष्णिशत्रुं महाबलम् ॥ कृतान्यागांसि चैवेन वृष्णीनां चाप्रियैषिणा ॥ २५ ॥ जामाता त्वभवत्तस्य कंसस्तस्मिन्हते युधि ॥ कृष्णार्थं वैरमभवज्जरासंधस्य वृष्णिभिः ॥ २६ ॥ भीष्मकं वरयामास सुनीथार्थे च रुक्मिणीम् ॥ तां ददौ भीष्मकश्चापि शिशुपालाय वीर्यवान् ॥ २७ ॥ ततश्चैद्यमुपादाय जरासंधो नराधिपः ॥ ययौ विदर्भान्सहितो दन्तवक्त्रेण यायिना ॥ २८ ॥ अनुज्ञातश्च पौण्ड्रेण वासुदेवेन धीमता ॥ अङ्गबङ्गकलिङ्गानामीश्वरः स महाबलः ॥ २९ ॥ मानयिष्यंश्च तान्रुक्मी प्रत्युद्गम्य नराधिपान् ॥ वरया पूजयोपेतांस्तान्निनाय पुरीं प्रति ॥ ३० ॥ पितृष्वसुः प्रियार्थं च रामकृष्णावुभावपि ॥ प्रययुर्वृष्णयश्चान्ये रथैस्तत्र बलान्विताः ॥३१॥ क्रथकैशिकभर्ता तान्प्रतिगृह्य यथाविधि ॥ पूजयामास पूजार्हान्बहिश्चैव न्यवेशयत् ॥ ३२ ॥ श्वो भाविनि विवाहे च रुक्मिणी निर्ययौ बहिः ॥ चतुर्युजा रथेनैन्द्रे देवतायतने शुभे ॥३३॥ इन्द्राणीमर्चयिष्यन्ती कृतकौतुकमङ्गला ॥ दीप्यमानेन वपुषा बलेन महताऽऽवृता ॥३४॥ तां ददर्श तदा कृष्णो लक्ष्मीं साक्षादिव स्थिताम् ॥ रूपेणाग्र्येण सम्पन्नां देवतायतनान्तिके ॥३५॥

राजा जरासन्ध शिशुपालका विवाह करनेके लिए दन्तवक्त्र, पौण्ड्र वासुदेव एवं अङ्ग-बङ्ग-कलिङ्गनरेशको साथ लेकर विदर्भनगरमें जा पहुँचा ॥ २८ ॥ २९ ॥ भीष्मकपुत्र रुक्मी बड़ी धूमधामसे स्वागत करके बड़े आदरके साथ उसे अपने घर ले गया ॥ ३० ॥ इधर श्रीकृष्ण और बलराम भी अपनी पितृष्वसा (पिताकी बहिन) को प्रसन्न करनेके लिए वृष्णिवंशियोंके साथ विशाल सेना लेकर वहाँ जा उपस्थित हुए ॥ ३१ ॥ क्रथ-कैशिक नरेशने उनका यथाविधि स्वागत-सत्कार किया और शहरके बाहर उपवनमें टिकाया ॥ ३२ ॥ जिस दिन विवाह होनेवाला था, उसके एक दिन पहले भगवती इन्द्राणीका पूजन करनेके लिए रुक्मिणी चार घोड़ोंवाले रथपर सवार होकर ज्येष्ठा नक्षत्रमें घरसे बाहर निकलकर देवीके मन्दिरकी ओर चली। सेनाके सैनिक रुक्मिणीको चारों ओरसे घेरकर चल रहे थे ॥३३॥३४॥ रूप-लावण्यवती रुक्मिणी मन्दिरके निकट पहुँचीं तो भगवान कृष्णने उन्हें देखा। उस समय वे साक्षात्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लक्ष्मीकी तरह सुन्दर लग रही थीं। विश्वका सारा रूप और माधुर्य जैसे उन्हींमें एकत्र हो गया था ॥३५॥ वे प्रदीप्त अग्निशिखा तथा मायामयी प्रतिमा जैसी भव्य थीं। उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानो स्वयं पृथिवी मूर्तिमती होकर भूतलसे उठ खड़ी हुई है ॥ ३६ ॥ अथवा मानो चन्द्रमाकी किरणमाला स्त्रीका वेष धारण करके पृथिवीपर उतर आयी है। अथवा रुक्मिणीको देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि वे मानो पद्मासनसे विहीन लक्ष्मी हों, जिनकी ओर आँख उठानेका साहस देवता भी नहीं करते ॥ ३७ ॥ उनके शरीका रंग श्याम-शुक्लमिश्रित वर्णका था। नयन विस्तृत तथा बड़े-बड़े थे। उनके अपाङ्ग, ओष्ठ और उन्नत नख ताम्रवर्णके थे। उनकी ऊरु, जघन तथा स्तन मोटे थे। उनके सब अंग बड़े सुडौल थे। चन्द्रमाके सदृश मुख-मण्डल था। उनकी भौंहें बड़ी सुन्दर थीं। उनके केश काले और घुँघराले थे। उनके दाँत समान, सूक्ष्म और अतिशय शुभ्र वर्णके थे। उनका रूप बड़ा मनोहर था और श्रोणिभाग तथा

वह्नेरिव शिखां दीप्तां मायां भूमिगतामिव ॥ पृथिवीमिव गम्भीरामुत्थितां पृथिवीतलात् ॥ ३६ ॥ मरीचिमिव सोमस्य सौम्यां स्त्रीविग्रहां भुवि ॥ श्रीमिवाग्र्यां विना पद्मं भविष्यां श्रीसहायिनीम् ॥ कृष्णेन मनसा दृष्टां दुर्निरीक्ष्यां सुरैरपि ॥ ३७ ॥ श्यामावदाता सा ह्यासीत्पृथुचार्वायतेक्षणा ॥ ताम्रौष्ठनयनापांगी पीनोरुजघनस्तनी ॥ ३८ ॥ बृहती चारुसर्वाङ्गी तन्वी शशिसितानना ॥ ताम्रतुङ्गनखी सुभ्रूर्नीलकुञ्चितमूर्धजा ॥ ३९ ॥ अत्यर्थं रूपतः कान्ता पीनश्रोणिपयोधरा ॥ तीक्ष्णशुक्लैः समैर्दन्तैः प्रभामद्भिरलंकृता ॥ ४० ॥ अनन्या प्रमदा लोके रूपेण यशसा श्रिया ॥ रुक्मिणी रूपिणी देवी पाण्डुरक्षौमवासिनी ॥ ४१ ॥ तां दृष्ट्वा ववृधे कामः कृष्णस्य प्रियदर्शनाम् ॥ हविषेवानलस्यार्चिर्मनस्तस्यां समादधत ॥ ४२ ॥ रामेण सह निश्चित्य केशवस्तु महाबलः ॥ तत्प्रमाथेऽकरोद्बुद्धिं वृष्णिभिः प्रणिधाय च ॥ ४३ ॥ कृते तु देवताकार्ये निष्क्रामन्तीं सुरालयात् ॥ उन्मथ्य सहसा कृष्णः स्वं निनाय रथोत्तमम् ॥ ४४ ॥ वृक्षमुत्पाट्य रामोऽपि जघानापततः परान् ॥ समनह्यन्त दाशार्हास्तदाज्ञप्ताश्च सर्वशः ॥ ४५ ॥ ते रथैर्विविधाकारैः समुच्छ्रितमहाध्वजैः ॥ वाजिभिर्वारणैश्चैव परिवव्रुर्हलायुधम् ॥ ४६ ॥ आदाय रुक्मिणीं कृष्णो जगामाशु पुरीं प्रति ॥ रामे भारं तमासज्य युयुधाने च वीर्यवान् ॥ ४७ ॥ अक्रूरे विपृथौ चैव गदे च कृतवर्मणि ॥ चक्रदेवे सुदेवे च सारणे च महाबले ॥ ४८ ॥ निवृत्तशत्रौ

स्तन मोटे थे ॥ ३८-४० ॥ रूप, सौभाग्य और यशमें उनके समान और कोई भी स्त्री नहीं हो सकती थी। उन श्वेतदुकूलधारिणी रुक्मिणीको देखते ही भगवान कृष्णके मनमें भावी पत्नीके प्रति प्रत्याशा जागी और आहुतिप्राप्त अग्निके समान उनका आवेश बढ़ने लगा ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ तब बलराम तथा अन्यान्य वृष्णियोंके साथ मन्त्रणा करके उन्होंने रुक्मिणीका हरण करना ही उचित समझा ॥ ४३ ॥ तदनुसार जब देवपूजनका कार्य पूर्ण हो जानेपर रुक्मिणी मन्दिरसे बाहर निकलीं, तैसे ही भगवान कृष्णने सहसा उन्हें पकड़कर अपने उत्तम रथपर बैठा लिया ॥ ४४ ॥ उस समय उन्हें रोकनेके लिए जो लोग आगे बढ़े, उनको बलरामने वृक्ष उखाड़ तथा उसीसे प्रहार करके भगा दिया। उनकी आज्ञा पाते ही वृष्णिगण विविध प्रकारके रथ, हाथी तथा घोड़ेपर सवार हो-होकर दौड़ पड़े और उन्होंने बचावके लिए चारों ओरसे बलरामको घेर लिया ॥४५॥४६॥ इधर भगवान कृष्ण बलराम, युयुधान, सात्यकि,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अक्रूर, विपृथु, गद, कृतवर्मा, चक्रदेव, सुदेव, सारण, विदूरथ, उग्रसेनके पुत्र कङ्क, शतद्युम्न, राजाधिदेव, मृदुर, प्रसेन, चित्रक, अतिदान्त, बृहद्दुर्ग, श्वफल्क, सत्यक, पृथु एवं अन्यान्य वृष्णि तथा अन्धकवंशी यादवोंपर वहाँका गुरुतर कार्यभार सौंपकर स्वयं रुक्मिणीके साथ द्वारकाकी ओर चल पड़े ॥ ४७–५१ ॥ उसी समय दन्तवक्त्र, शिशुपाल और जरासन्ध प्रभृति प्रतिपक्षी राजे क्रुद्ध होकर तत्काल तैयार हो गये और श्रीकृष्णको मार डालनेके अभिप्रायसे पीछा करते हुए दौड़ पड़े ॥ ५२ ॥ उधर चेदिराज दमघोष अपने महारथी भ्राताओं तथा अङ्ग, वङ्ग, कलिङ्ग और पौण्ड्र आदि नरेशोंको साथ लेकर युद्धके लिए आगे बढ़ा ॥५३॥ उस समय वृष्णिवंशी महारथी, देवता जिस प्रकार इन्द्रको अग्रणी बनाकार अग्रसर होते हैं, उसी प्रकार बलरामको अपना नेता बनाकर अग्रसर हुए और उनके सम्मुख जा डटे ॥५४॥ जरासन्धको बड़े वेगसे अपनी ओर आते देखकर युयुधान तथा सात्यकिने छः बाणोंसे उसे बींध दिया ॥५५॥

विक्रान्ते भङ्गकारे विदूरथे ॥ उग्रसेनात्मजे कङ्के शतद्युम्ने च केशवः ॥ ४९ ॥ राजाधिदेवे मृदुरे प्रसेने चित्रके तथा ॥ अतिदान्ते बृहद्दुर्गे श्वफल्के सत्यके पृथौ ॥ ५० ॥ वृष्ण्यन्धकेषु चान्येषु मुख्येषु मधुसूदनः ॥ गुरुमासज्य तं भारं ययौ द्वारवतीं प्रति ॥ ५१ ॥ दन्तवक्त्रो जरासंधः शिशुपालश्च वीर्यवान् ॥ सन्नद्धा निर्ययुः क्रुद्धा जिघांसन्तो जनार्दनम् ॥ ५२ ॥ अङ्गबङ्गकलिङ्गैश्च सार्द्धं पौण्ड्रैश्च वीर्यवान् ॥ निर्ययौ चेदिराजस्तु भ्रातृभिः स महारथैः ॥ ५३ ॥ तान्प्रत्यगृह्णन्संरब्धा वृष्णिवीरा महारथाः ॥ संकर्षणं पुरस्कृत्य वासवं मरुतो यथा ॥ ५४ ॥ आपतन्तं हि वेगेन जरासंधं महाबलम् ॥ षड्भिर्विव्याध नाराचैर्युयुधानो महामृधे ॥ ५५ ॥ अक्रूरो दन्तवक्त्रं तु विव्याध नवभिः शरैः ॥ तं प्रत्याविद्धयत्कारूषो बाणैर्दशभिराशुगैः ॥ ५६ ॥ विपृथुः शिशुपालं तु शरैर्विव्याध सप्तभिः ॥ अष्टभिः प्रत्यविद्धयत्तं शिशुपालः प्रतापवान् ॥ ५७ ॥ गवेषणस्तु चैद्यं च षड्भिर्विव्याध मार्गणैः ॥ अतिदान्तस्तथाऽष्टाभिर्बृहद्दुर्गश्च पञ्चभिः ॥ ५८ ॥ प्रतिविव्याध तांश्चैद्यः पञ्चभिः पञ्चभिः शरैः ॥ जघानाश्वांश्च चतुरश्चतुर्भिर्विपृथोः शरैः ॥ ५९ ॥ बृहद्दुर्गस्य भल्लेन शिरश्चिच्छेद चारिहा ॥ गवेषणस्य सूतं तु प्राहिणोद्यमसादनम् ॥ ६० ॥ हताश्वं तु रथं त्यक्त्वा विपृथुस्तु महाबलः ॥ आरुरोह रथं शीघ्रं बृहद्दुर्गस्य वीर्यवान् ॥ ६१ ॥ विपृथोः सारथिश्चापि गवेषणरथं द्रुतम् ॥ आरुह्य जवनानश्वान्नियन्तुमुपचक्रमे ॥ ६२ ॥ ते क्रुद्धाः शरवर्षेण सुनीथं समवाकिरन् ॥ नृत्यन्तं रथमार्गेषु चापहस्ताः कलापिनः ॥ ६३ ॥ चक्रदेवो दन्तवक्त्रं

उसी समय अक्रूरने नौ बाणोंसे दन्तवक्त्रको और दन्तवक्त्रने दस बाणोंसे अक्रूरको बींधा ॥ ५६ ॥ उसी प्रकार विपृथुने सात बाणोंसे शिशुपालको और शिशुपालने आठ बाणोंसे विपृथुको बींध दिया ॥ ५७ ॥ गवेषणने छ, अतिदन्तने आठ और बृहद्दुर्गने पाँच बाणोंसे शिशुपालपर प्रहार किया ॥ ५८ ॥ तब शिशुपालने क्रोधावेशमें आकर प्रत्येक वीरपर पाँच-पाँच बाणोंसे प्रहार किया ॥५९॥ तदनन्तर उसने चार बाणोंसे विपृथुके चार घोड़ोंको मार डाला और एक भल्लास्त्रसे बृहद्दुर्गका सिर काटकर धड़से अलग कर दिया और गवेषणके सारथीको यमपुर भेज दिया ॥ ६० ॥ घोड़े मर जानेपर महाबली विपृथु अपना रथ त्यागकर शीघ्र बृहद्दुर्गके रथपर सवार हो गया ॥ ६१ ॥ विपृथुका सारथी भी तुरन्त गवेषणके रथपर चला गया और उसका संचालन करने लगा ॥ ६२ ॥ तदनन्तर वे सब धनुष-बाण ले तथा अत्यधिक क्रुद्ध होकर चारों ओरसे शिशुपालपर एक साथ बाणवर्षा करने लगे ॥ ६३ ॥ चक्रदेवने एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाणसे दन्तवक्त्रके वक्षःस्थल तथा पाँच बाणोंसे षड्रथको विद्ध कर दिया ॥ ६४ ॥ इसके बाद चक्रदेवने भी दस बाण चलाकर उन्हें और भी घायल कर दिया । तदनन्तर बलवान् दन्तवक्त्रने दस बाणोंमें चक्रदेव तथा पाँच बाणोंसे विदूरथपर प्रहार किया । उधर विदूरथने भी तीखे छ बाण चलाकर दन्तवक्त्रको बींध दिया ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ तब बलवान् दन्तवक्त्रने भी तीस बाणोंसे महाबली चक्रदेवको आहत कर दिया । उधर वीर कृतवर्माने तीन बाणोंसे वसुदेवतनय पौण्ड्रको विद्ध करके उसके सारथीको समाप्त कर दिया और उसकी ध्वजयष्टिको काट डाला । उसके उत्तरमें पौण्ड्रने भी क्रुद्ध होकर कृतवर्मापर छ बाणोंसे प्रहार किया ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ इसके बाद पौण्ड्रने एक भल्लास्त्र द्वारा दन्तवक्त्रका धनुष काट दिया । तत्पश्चात् पौण्ड्रने कलिंगराजपर भी बाणोंका प्रहार किया और क्रुद्ध कलिङ्गराजने एक तोमरास्त्र द्वारा पौण्ड्रका स्कन्धदेश विदीर्ण कर दिया ॥ ६९ ॥ बलवान् कङ्कने हाथीपर सवार होकर अंगराज-

बिभेदोरसि पत्रिणा ॥ षड्रथं पञ्चभिश्चैव विव्याध युधि मार्गणैः ॥ ६४ ॥ ताभ्यां स विद्धो दशभिर्बाणैर्मर्मातिगैः शितैः ॥ ततो बली चक्रदेवं बिभेद दशभिः शरैः ॥ ६५ ॥ पञ्चभिश्चापि विव्याध सोऽपि दूराद्विदूरथम् ॥ विदूरथोऽपि तं षड्भिर्विव्याधाजौ शितैः शरैः ॥ ६६ ॥ त्रिंशता प्रत्यविध्यत्तं बली बाणैर्महाबलम् ॥ कृतवर्मा बिभेदाजौ राजपुत्रं त्रिभिः शरैः ॥ ६७ ॥ न्यहनत्सारथिं चास्य ध्वजं चिच्छेद सोच्छ्रितम् ॥ प्रतिविव्याध तं क्रुद्धः पौण्ड्रः षड्भिः शिलीमुखैः ॥ ६८ ॥ धनुश्चिच्छेद चाप्यस्य भल्लेन कृतवर्मणः ॥ निवृत्तशत्रुः कालिङ्गं बिभेद निशितैः शरैः ॥ तोमरेणांसदेशं तं निर्बिभेद कलिङ्गराट् ॥ ६९ ॥ गजेनासाद्य कङ्कस्तु गजमङ्गस्य वीर्यवान् ॥ तोमरेण बिभेदाङ्गं बिभेदाङ्गश्च तं शरैः ॥ ७० ॥ चित्रकश्च श्वफल्कश्च सत्यकश्च महारथः ॥ कलिङ्गस्य तथाऽनीकं नाराचैर्बिभिदुः शरैः ॥ ७१ ॥ तं निसृष्टद्रुमेणाजौ बङ्गराजस्य कुञ्जरम् ॥ जघान रामः संक्रुद्धो बङ्गराजं च संयुगे ॥ ७२ ॥ तं हत्वा रथमारुह्य धनुरादाय वीर्यवान् ॥ संकर्षणो जघानोग्रैर्नाराचैः कैशिकान्बहून् ॥ ७३ ॥ षड्भिर्निहत्य कारूषान्महेष्वासान्स वीर्यवान् ॥ शतं जघान संक्रुद्धो मागधानां महाबले ॥ ७४ ॥ निहत्य तान्महाबाहुर्जरासन्धं ततोऽभ्ययात् ॥ तमापतन्तं विव्याध नाराचैर्मागधस्त्रिभिः ॥ ७५ ॥ तं बिभेदाष्टभिः क्रुद्धो नाराचैर्मुसलायुधः ॥ चिच्छेद चास्य भल्लेन ध्वजं हेमपरिष्कृतम् ॥ ७६ ॥

का सामना किया और उसपर तोमरास्त्रसे प्रहार कर दिया । उसके उत्तरमें अङ्गराजने भी बाणोंकी वर्षा करके कङ्कको आहत कर डाला ॥ ७० ॥ इधर महारथी चित्रक, श्वफल्क और सत्यक अपनी विकराल बाणवर्षासे कलिङ्गराजकी सेनाको छिन्न-भिन्न करने लगे ॥ ७१ ॥ उसी समय बलरामने कुपित होकर एक वृक्ष उखाड़ लिया और उसीसे बङ्गराजके हाथीको मारकर स्वयं बङ्गराजको भी समाप्त कर दिया ॥७२॥ बलवान् बलरामने इस प्रकार बङ्गराजका वध करके अपना धनुष सम्हाला और रथपर सवार हो गये । इसके बाद संकर्षण भगवानने अपने उग्र बाणोंसे बहुतेरे कैशिकदेशीय सैनिकोंको मार डाला ॥ ७३ ॥ उन्होंने छ बाणोंसे कारूष धनुर्धारियोंको मारकर सौ बाणोंसे मगधदेशीय महाबलवान् सैनिकोंपर प्रहार किया । इन सैनिकोंका संहार करनेके बाद बलराम जरासन्धकी ओर अग्रसर हुए । अपनी ओर आते हुए बलरामपर जरासन्धने तीन बाणोंसे प्रहार किया ॥७४॥७५॥ इससे कुपित होकर बलरामने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मगधराजपर आठ बाण चलाये और अपने भल्लास्त्रसे उसका स्वर्णपरिष्कृत ध्वज काटकर गिरा दिया ॥ ७६ ॥ अब उन दोनों महावीरोंमें देवासुर-संग्रामके समान भीषण युद्ध होने लगा। वे दोनों अपनी पूर्णशक्तिसे परस्पर एक दूसरेपर अनवरत बाणवर्षा कर रहे थे ॥ ७७ ॥ उस समय उभय पक्षके सहस्रों हाथी हाथियोंसे, रथ रथोंसे और घुड़सवार घुड़सवारोंसे भिड़कर भयानक मारकाट करने लगे ॥ ७८ ॥ पैदल सैनिक हाथमें शक्ति, चर्म (ढाल) और असि (तलवार) लेकर पैदल सैनिकोंका सिर काटते हुए विचरने लगे ॥७९॥ कवचोंपर गिरती हुई तलवारोंका भीषण शब्द सुनायी देने लगा और गिरते हुए बाणोंका शब्द पक्षियोंकी बोली जैसा सुनायी पड़ा ॥८०॥ रणभूमिमें बजती हुई भेरी, शंख और मृदंगकी ध्वनि, शस्त्रोंकी खनखनाहट तथा वीरोंकी प्रत्यंचाकी ध्वनिमें विलीन हो गयी ॥८१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि नागयर्णा'भाषाटीकायां' षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६० ॥

तद्युद्धमभवद्घोरं तेषां देवासुरोपमम् ॥ सृजतां शरवर्षाणि निघ्नतामितरेतरम् ॥ ७७ ॥ गजैर्गजा हि संक्रुद्धाः संनिपेतुः सहस्रशः ॥ रथै रथाश्च संरब्धाः सादिनश्चापि सादिभिः ॥ ७८ ॥ पदातयः पदातींश्च शक्तिचर्मासिपाणयः ॥ छिन्दन्तश्चोत्तमांगानि विचेरुर्युधि ते पृथक् ॥ ७९ ॥ असीनां पात्यमानानां कवचेषु महास्वनः ॥ शराणां पततां शब्दः पक्षिणामिव शुश्रुवे ॥ ८० ॥ भेरीशङ्खमृदङ्गानां वेणूनां च मृधे ध्वनिम् ॥ जुगूह घोषः शस्त्राणां ज्याघोषश्च महात्मनाम् ॥८१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीहरणं नाम षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कृष्णेन ह्रियमाणां तां रुक्मी श्रुत्वा तु रुक्मिणीम् ॥ प्रतिज्ञामकरोत्क्रुद्धः समक्षं भीष्मकस्य ह ॥ १ ॥ अहत्वा युधि गोविन्दमनानीय च रुक्मिणीम् ॥ कुण्डिनं न प्रवेक्ष्यामि सत्यमेतद्‍ब्रवीम्यहम् ॥ २ ॥ आस्थाय स रथं वीरः समुदग्रायुधध्वजम् ॥ जवेन प्रययौ क्रुद्धो बलेन महता वृतः ॥ ३ ॥ तमन्वयुर्नृपाश्चैव दक्षिणापथवर्तिनः ॥ क्राथोंऽशुमाञ्छ्रुतर्वा च वेणुदारिश्च वीर्यवान् ॥ ४ ॥ भीष्मकस्य सुताश्चान्ये रथेन रथिनां वराः ॥ क्रथकैशिकमुख्याश्च सर्व एव महारथाः ॥ ५ ॥ ते गत्वा दूरमध्वानं सरितं नर्मदामनु ॥ गोविन्दं ददृशुः क्रुद्धाः सहैव प्रियया स्थितम् ॥ ६ ॥ अवस्थाप्य च तत्सैन्यं रुक्मी मदबलान्वितः ॥ चिकीर्षुर्द्वैरथं युद्धमभ्ययान्मधुसूदनम् ॥ ७ ॥ स विव्याध चतुःषष्ट्या गोविन्दं

(रुक्मिणी-परिणय) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान् कृष्णके द्वारा रुक्मिणीके हरणका समाचार सुनकर रुक्मी बहुत क्रुद्ध हुआ और उसने अपने पिता भीष्मकके समक्ष यह प्रतिज्ञा की—॥१॥ रणभूमिमें बिना कृष्णको मारे और रुक्मिणीको बिना लौटाये मैं कुण्डिनपुरको वापस न लौटूँगा। मैं यह सत्य कह रहा हूँ ॥२॥ ऐसा कहकर वह वीर शस्त्रास्त्रसे परिपूर्ण एवं उन्नत ध्वजावाले रथपर सवार होकर विशाल वाहिनीके साथ चल पड़ा ॥३॥ उस समय क्राथ, अंशुमान्, श्रुतर्वा और वेणुदारी प्रभृति दक्षिणापथवासी राजे, महारथी भीष्मकपुत्रगण और क्रथ-कैशिकके मुख्य-मुख्य महारथी उसके पीछे-पीछे चलने लगे ॥४।५॥ बहुत दूर आगे जानेपर उन्होंने देखा कि भगवान कृष्ण अपनी प्रियतमा रुक्मिणीके साथ नर्मदा नदीके तटपर बैठे हुए हैं ॥ ६ ॥ उन्हें देखते ही रुक्मी क्रोधसे तलमला उठा और अपनी सेनाको पीछे छोड़कर द्वैरथ युद्धकी अभिलाषासे अकेला ही भगवान कृष्णकी ओर दौड़ा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ७ ॥ समक्ष पहुँचते ही उसने एक साथ चौंसठ बाणोंसे प्रहार किया और उत्तरमें भगवानने उसपर एक साथ सत्तर बाणोंसे प्रहार कर दिया ॥ ८ ॥ इसके साथ ही भगवानने उसकी ध्वजा काट डाली और उसके सारथीका मस्तक काटकर धड़से अलग कर दिया ॥ ९ ॥ उस समय दक्षिणापथके राजाओंने रुक्मीको विपत्तिमें पड़ा देखकर भगवानका सर्वदाके लिए समाप्त कर देनेकी लालसावश उन्हें चारों ओरसे घेर लिया ॥ १० ॥ उसी समय अंशुमान्ने नौ, श्रुतर्वाने पाँच और वेणुदारिने सात बाण चलाकर भगवानपर प्रहार किया ॥ ११ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णने अपने बाणोंसे अंशुमानका वक्षःस्थल विदीर्ण कर दिया, जिससे वह मूर्छित होकर रथके एक कोनेमें जा पड़ा ॥ १२ ॥ इसके बाद उन्होंने चार बाणोंसे श्रुतर्वाके चारों घोड़ोंको मार डाला और वेणुदारिकी ध्वजा काटकर उसका दाहिना हाथ उड़ा दिया ॥ १३ ॥ तदनन्तर भगवानने श्रुतर्वापर पाँच बाण चलाये। किन्तु विशेष श्रमके कारण

निशितैः शरैः ॥ तं प्रत्यविध्यत्सप्तत्या बाणैर्युधि जनार्दनः ॥ ८ ॥ पतमानस्य चिच्छेद ध्वजं चास्य महाबलः ॥ जहार च शिरः कायात्सारथे-
स्तस्य वीर्यवान् ॥ ९ ॥ तं कृच्छ्रगतमाज्ञाय परिवव्रुर्जनार्दनम् ॥ दाक्षिणात्या जिघांसन्तो राजानः सर्व एव हि ॥ १० ॥ तमंशुमान्महाबाहु-
र्विव्याध दशभिः शरैः ॥ श्रुतर्वा पञ्चभिः क्रुद्धो वेणुदारिश्च सप्तभिः ॥ ११ ॥ ततोंऽशुमन्तं गोविन्दो बिभेदोरसि वीर्यवान् ॥ निषसाद रथोपस्थे
व्यथितः स नराधिपः ॥ १२ ॥ श्रुतर्वणो जघानाश्वांश्चतुर्भिश्चतुरः शरैः ॥ वेणुदारेर्ध्वजं छित्त्वा भुजं विव्याध दक्षिणम् ॥ १३ ॥ तथैव च श्रुत-
र्वाणं शरैर्विव्याध पञ्चभिः ॥ शिश्रिये स ध्वजं श्रान्तो न्यषीदच्च व्यथान्वितः ॥ १४ ॥ मुञ्चन्तः शरवर्षाणि वासुदेवं ततोऽभ्ययुः ॥ क्रथकैशिक-
मुख्याश्च सर्व एव महारथाः ॥ १५ ॥ बाणैर्बाणांश्च चिच्छेद तेषां युधि जनार्दनः ॥ जघान चैषां संरब्धः पतमानश्च ताञ्छरान् ॥ १६ ॥ पुनरन्यां-
श्चतुःषष्ट्या जघान निशितैः शरैः ॥ क्रुद्धानापततो वीरानद्रवत्स महाबलः ॥ १७ ॥ विद्रुतं स्वबलं दृष्ट्वा रुक्मी क्रोधवशंगतः ॥ पञ्चभिर्निशि-
तैर्बाणैर्विव्याधोरसि केशवम् ॥ १८ ॥ सारथिं चास्य विव्याध सायकैर्निशितैस्त्रिभिः ॥ आजघान शरेणास्य ध्वजं च नतपर्वणा ॥ १९ ॥ केश-
वस्त्वरितं दृष्ट्वा क्रुद्धो विव्याध मार्गणैः ॥ धनुश्चिच्छेद चाप्यस्य पतमानस्य रुक्मिणः ॥ २० ॥ अथान्यद्धनुरादाय रुक्मी कृष्णजिघांसया ॥ प्रादु-
श्चकार चान्यानि दिव्यान्यस्त्राणि वीर्यवान् ॥ २१ ॥ अस्त्रैरस्त्राणि संवार्य तस्य कृष्णो महाबलः ॥ पुनश्चिच्छेद तच्चापं रथिनां च त्रिभिः शरैः

अत्यधिक क्लान्त और व्यथित होकर वे रथकी ध्वजाके सहारे लेट गये ॥ १४ ॥ इसी समय क्रथ-कैशिकके श्रेष्ठ वीरगण बाणवर्षा करते हुए श्रीकृष्णकी ओर लपके ॥ १५ ॥ किन्तु भगवान वासुदेवने अपनी बाणवर्षासे उनके बाणोंको व्यर्थ कर दिया ॥ १६ ॥ उस समय उन्होंने अपनी ओर आते हुए अन्यान्य योद्धाओंको अपने चौंसठ बाणोंसे यमपुर भेज दिया ॥ १७ ॥ अपनी सेनाको भागते देखकर रुक्मीने पाँच बाणोंसे भगवानकी छातीपर प्रहार किया ॥ १८ ॥ साथ ही उसने अपने तीन तीखे बाणोंसे उनके सारथी और एक आनतपर्व बाणसे ध्वजापर प्रहार किया ॥ १९ ॥ रुक्मीका वह प्रहार देखकर भगवान बहुत कुपित हो गये और उन्होंने अपने साठ बाणोंसे बींधकर उसका धनुष काट दिया ॥ २० ॥ तदनन्तर कृष्णका वध करनेकी इच्छासे उस वीरने दूसरा धनुष सम्हाला और फिर पहलेकी तरह उत्कृष्ट शस्त्रास्त्रोंका प्रयोग करने लगा ॥ २१ ॥ तब भगवानने अपने अस्त्रोंसे उसके अस्त्रोंका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निवारण करके तीन बाणोंसे फिर उसके धनुष तथा रथको छिन्न-भिन्न कर दिया ॥ २२ ॥ इस प्रकार धनुष तथा रथके व्यर्थ हो जानेपर वीर रुक्मी हाथोंमें ढाल-तलवार लेकर गरुड़की तरह रथसे नीचे कूद पड़ा ॥ २३ ॥ जब कि वह बड़े वेगसे दौड़ा आ रहा था, तब भगवानने उसका खड्ग काट डाला और तीन बाणोंसे उसकी छातीमें प्रहार कर दिया ॥ २४ ॥ उनके इस प्रहारसे महाबाहु रुक्मी वज्राहत महान् असुरकी तरह संज्ञाशून्य अर्थात् मूर्छित होकर धरतीपर गिर पड़ा। उसके पतनके शब्दसे सारी पृथिवी प्रतिध्वनित हो उठी ॥ २५ ॥ इसके बाद भगवान वासुदेवने फिर वहाँके अन्यान्य राजाओंपर बाणवर्षा आरम्भ कर दी। उधर रुक्मीको रणभूमिमें गिरा देखकर राजाओंमें भगदड़ मच गयी ॥ २६ ॥ उस समय अपने भ्राता रुक्मीको रणभूमिमें छटपटाते देखकर रुक्मिणी अधीर हो उठीं और उसके प्राण बचानेके विचारसे वे भगवान कृष्णके पैरोंपर गिर पड़ीं ॥ २७ ॥ तब भगवानने उन्हें उठाकर आलिङ्गन किया और सान्त्वना दी। तदनन्तर आहत रुक्मीको अभयदान देकर वे अपनी द्वारकापुरीकी ओर चल पड़े ॥२८॥ अन्यान्य वृष्णिवंशी यादववीर भी

॥ २२ ॥ स च्छिन्नधन्वा विरथः खड्गमादाय चर्म च ॥ उत्पपात रथाद्वीरो गरुत्मानिव वीर्यवान् ॥ २३ ॥ तस्याभिपततः खड्गं चिच्छेद युधि केशवः ॥ नाराचैश्च त्रिभिः क्रुद्धो बिभेदैनमथोरसि ॥ २४ ॥ स पपात महाबाहुर्वसुधामनुनादयन् ॥ विसंज्ञो मूर्च्छितो राजा वज्रेणेव महासुरः ॥ २५ ॥ तांश्च राज्ञः शरैः सर्वान्पुनर्विव्याध माधवः ॥ रुक्मिणं पतितं दृष्ट्वा व्यद्रवन्त नराधिपाः ॥ २६ ॥ विचेष्टमानं भूमौ भ्रातरं वीक्ष्य रुक्मिणी ॥ पादयोर्न्यपतद्विष्णोर्भ्रातुर्जीवितकांक्षिणी ॥ २७ ॥ तामुत्थाप्य परिष्वज्य सान्त्वयामास केशवः ॥ अभयं रुक्मिणे दत्त्वा प्रययौ स्वपुरीं ततः ॥ २८ ॥ वृष्णयोऽपि जरासंधं भङ्क्त्वा तांश्चैव पार्थिवान् ॥ प्रययुर्द्वारकां हृष्टाः पुरस्कृत्य हलायुधम् ॥ २९ ॥ प्रयाते पुण्डरीकाक्षे श्रुतर्वाऽभ्येत्य संगरे ॥ रुक्मिणं रथमारोप्य प्रययौ स्वां पुरीं प्रति ॥ ३० ॥ अनानीय स्वसारं तु रुक्मी मानमदान्वितः ॥ हीनप्रतिज्ञो नैच्छत्स प्रवेष्टुं कुण्डिनं पुरम् ॥ ३१ ॥ विदर्भेषु निवासार्थं निर्ममेऽन्यत्पुरं महत ॥ तद्भोजकटमित्येव बभूव भुवि विश्रुतम् ॥ ३२ ॥ तत्रौजसा महातेजा दक्षिणां दिशमन्वगात् ॥ भीष्मकः कुण्डिने चैव राजोवास महाभुजः ॥ ३३ ॥ द्वारकां चापि संप्राप्ते रामे वृष्णिबलान्विते ॥ रुक्मिण्याः केशवः पाणिं जग्राह विधिवत्प्रभुः ॥ ३४ ॥ ततः सह तया रेमे प्रियया प्रीयमाणया ॥ सीतयेव पुरा रामः पौलोम्येव पुरन्दरः ॥ ३५ ॥ सा हि तस्याभवज्ज्येष्ठा

जरासन्ध तथा अन्यान्य राजाओंको पराजित करके प्रसन्न मनसे बलरामके साथ द्वारकाको प्रस्थान कर दिये ॥ २९ ॥ इस प्रकार भगवानके चले जानेपर श्रुतर्वा संग्रामभूमिमें पहुँचा और रुक्मीको रथपर लेटाकर अपनी पुरीको चला गया ॥ ३० ॥ रुक्मीने चलते समय प्रतिज्ञा की थी कि 'रुक्मिणीको लौटाये बिना मैं कुण्डिनपुर न लौटूँगा।' सो इस समय प्रतिज्ञा विफल हो जानेके कारण उसने कुण्डिनपुर लौटनेकी अभिलाषा नहीं की ॥३१॥ उसी समय विदर्भमें उसने एक दूसरा सुन्दर नगर बसाया, जो संसारमें भोजकट नगरके नामसे विख्यात हुआ ॥ ३२ ॥ महातेजस्वी रुक्मी उसी भोजकटके दक्षिण भागमें रहने लगा और उसके पिता महाराज भीष्मक अपने कुण्डिनपुरमें निवास करने लगे ॥३३॥ उधर यादववीरोंके साथ जब बलराम द्वारकापुरी पहुँच गये, तब भगवान कृष्णने यथाविधि रुक्मिणीका पाणिग्रहण किया ॥३४॥ इसके बाद वे उसी तरह प्रसन्नतापूर्वक रुक्मिणीके साथ क्रीड़ा-कौतुक करते हुए रहने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगे, जिस तरह राम सीताके साथ अथवा इन्द्र इन्द्राणीके साथ विहार करते थे ॥३५॥ कुल-शील-रूप-गुणसमन्विता महारानी रुक्मिणी भगवान कृष्णकी सबसे बड़ी पत्नी थीं ॥३६॥ उन रुक्मिणीके गर्भसे चारुदेष्ण, सुदेष्ण, प्रद्युम्न, सुषेण, चारुगुप्त, चारुबाहु, चारुविन्दु, सुचारु, भद्रचारु और चारु ये दस पुत्र और चारुमती नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई। वे सभी पुत्र धर्मार्थवेत्ता, शस्त्रास्त्रविशारद तथा असाधारण रणपण्डित थे ॥ ३७–३९ ॥ रुक्मिणीके अतिरिक्त भगवानने और भी कुलीन तथा सर्वगुणसम्पन्न सात कन्याओंके साथ विवाह किया ॥ ४० ॥ वे थीं—सूर्यकी पुत्री कालिन्दी, राजाधिदेवकी कन्या मित्रविन्दा, अयोध्याधिपति नग्नजित्की पुत्री सत्या, जाम्बवान्की कन्या जाम्बवती, केकयराजकी कन्या रोहिणी, मद्रराजकी पुत्री लक्ष्मणा, सत्राजित्की तनया सत्यभामा और महाराज शैब्यकी अप्सरासदृश सुन्दरी पुत्री तन्वी । इनके सिवाय भगवानने और भी सोलह हजार कन्याओंके साथ विवाह किया

पत्नी कृष्णस्य भामिनी ॥ पतिव्रता गुणोपेता रूपशीलगुणान्विता ॥ ३६ ॥ तस्यामुत्पादयामास पुत्रान्दश महारथान् ॥ चारुदेष्णं सुदेष्णं च प्रद्युम्नं च महाबलम् ॥ ३७ ॥ सुषेणं चारुगुप्तं च चारुबाहुं च वीर्यवान् ॥ चारुविन्दं सुचारुं च भद्रचारुं तथैव च ॥ ३८ ॥ चारुं च बलिनां श्रेष्ठं सुतां चारुमतीं तथा ॥ धर्मार्थकुशलास्ते तु कृतास्त्रा युद्धदुर्मदाः ॥ ३९ ॥ महिषीः सप्त कल्याणीस्ततोऽन्या मधुसूदनः ॥ उपयेमे महाबाहुर्गुणोपेताः कुलोद्भवाः ॥ ४० ॥ कालिन्दीं मित्रविन्दां च सत्यां नाग्नजितीमपि ॥ सुतां जाम्बवतश्चापि रोहिणीं कामरूपिणीम् ॥ ४१ ॥ मद्रराजसुतां चापि सुशीलां शुभलोचनाम् ॥ सात्राजितीं सत्यभामां लक्ष्मणां चारुहासिनीम् ॥ ४२ ॥ शैब्यस्य च सुतां तन्वीं रूपेणाप्सरसोपमाम् ॥ स्त्रीसहस्राणि चान्यानि षोडशातुलविक्रमः ॥ उपयेमे हृषीकेशः सर्वा भेजे स ताः समम् ॥ ४३ ॥ परार्ध्यवस्त्राभरणाः कामैः सर्वैः सुखोचिताः ॥ जज्ञिरे तासु पुत्राश्च तस्य वीराः सहस्रशः ॥ ४४ ॥ शास्त्रार्थकुशलाः सर्वे बलवन्तो महारथाः ॥ यज्वानः पुण्यकर्माणो महाभागा महाबलाः ॥४५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिणीहरणं नामैकषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः काले व्यतीते तु रुक्मी महति वीर्यवान् ॥ दुहितुः कारयामास स्वयंवरमरिन्दम ॥ १ ॥ तत्राहूता ह राजानो राजपुत्राश्च रुक्मिणा ॥ समाजग्मुर्महावीर्या नानादिग्भ्यः श्रियाऽन्विताः ॥ २ ॥ तत्राजगाम प्रद्युम्नः कुमारैरपरैर्वृतः ॥ सा हि तं चकमे कन्या

था। वे उन सबके साथ विहार करते थे ॥ ४१–४३ ॥ उनकी सभी पत्नियाँ बहुमूल्य वस्त्राभूषण तथा अभिलषित भोगोंसे तृप्त रहती थीं। उन पत्नियोंके गर्भसे भगवानके हजारों वीर पुत्र उत्पन्न हुए। वे सभी पुत्र शास्त्रार्थके ज्ञाता, बलवान, महारथी, याज्ञिक, पुण्यकर्मा तथा असाधारण भाग्यशाली थे ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६१ ॥

(रुक्मीवधका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! कुछ समय बाद शत्रुनाशन रुक्मीने अपनी कन्याके स्वयम्वरका आयोजन किया ॥ १ ॥ उसमें विविध देशोंके राजाओं और राजकुमारोंको निमन्त्रित किया गया और वे अपनी-अपनी वेश-भूषासे सुसज्ज होकर विदर्भनगरमें एकत्रित हुए ॥२॥ अन्यान्य कुमारोंके साथ कृष्णपुत्र प्रद्युम्न भी वहाँ जा पहुँचे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रूप-लावण्यसम्पन्ना रुक्मिनन्दिनी वह कन्या 'शुभाङ्गी' नामसे विख्यात थी। शुभाङ्गीपर प्रद्युम्नका मन जिस प्रकार आसक्त था, ठीक उसी प्रकार शुभाङ्गी भी उनपर आसक्त थी ॥३॥४॥ स्वयम्वरकी रंगशालामें जब सब राजे और राजकुमार जाकर बैठे, तब शुभाङ्गीने प्रद्युम्नका वरण कर लिया ॥ ५ ॥ सर्वास्त्रविशारद एवं सिंहसदृश सुदृढाङ्ग कृष्णतनय प्रद्युम्न जिस प्रकार लोकोत्तर सौन्दर्यसम्पन्न थे, उसी प्रकार राजपुत्री शुभाङ्गी भी रूप, गुण और अवस्थामें सर्वथा उनके अनुरूप थी। वह नारायणी चन्द्रसेनाके सदृश सुन्दरी थी और उसका प्रद्युम्नपर असाधारण अनुराग था ॥ ६ ॥ ७ ॥ स्वयम्वरका कार्य पूर्ण हो जानेपर सब राजे अपने-अपने नगरोंको लौट गये और प्रद्युम्न भी वैदर्भी शुभाङ्गीको साथ लेकर द्वारका पहुँचे ॥८॥ वहाँ प्रद्युम्न उसके साथ उसी प्रकार विहार करने लगे, जैसे राजा नल दमयन्तीके साथ विहार करते थे ॥९॥ कुछ समय बाद रुक्मिनन्दिनी शुभाङ्गीके गर्भसे देवकुमारसदृश सुंदर और असाधारण

स च तां शुभलोचनाम् ॥ ३ ॥ शुभाङ्गी नाम वैदर्भी कान्तिद्युतिसमन्विता ॥ पृथिव्यामभवत्ख्याता रुक्मिणस्तनया तदा ॥ ४ ॥ उपविष्टेषु सर्वेषु पार्थिवेषु महात्मसु ॥ वैदर्भी वरयामास प्रद्युम्नमरिसूदनम् ॥ ५ ॥ स हि सर्वास्त्रकुशलः सिंहसंहननो युवा ॥ रूपेणाप्रतिमो लोके केशवस्यात्मजोऽभवत् ॥ ६ ॥ वयोरूपगुणोपेता राजपुत्री च साऽभवत् ॥ नारायणी चन्द्रसेना जातकामा च तं प्रति ॥ ७ ॥ वृत्ते स्वयंवरे जग्मू राजानः स्वपुराणि ते ॥ उपादाय च वैदर्भी प्रद्युम्नो द्वारकां ययौ ॥ ८ ॥ रेमे सह तया वीरो दमयन्त्या नलो यथा ॥ स तस्यां जनयामास देवगर्भोपमं सुतम् ॥ ९ ॥ अनिरुद्धमिति ख्यातं कर्मणाऽप्रतिमं भुवि ॥ धनुर्वेदे च वेदे च नीतिशास्त्रे च पारगम् ॥ १० ॥ अभवत्स यदा राजन्ननिरुद्धो वयोऽन्वितः ॥ तदाऽस्य रुक्मिणः पौत्रीं श्रीमतीं रुक्मसन्निभाम् ॥ पत्न्यर्थे वरयामास नाम्ना रुक्मवतीति सा ॥ ११ ॥ अनिरुद्धं गुणैर्दातुं कृतबुद्धिर्नृपस्ततः ॥ प्रीत्या हि रौक्मिणेयस्य रुक्मिण्याश्चाप्युपग्रहात् ॥ १२ ॥ विस्पर्द्धन्नपि कृष्णेन वैरं त्यज्य महायशाः ॥ ददामीत्यब्रवीद्राजा प्रीतिमाञ्जनमेजय ॥ १३ ॥ केशवः सह रुक्मिण्या पुत्रैः संकर्षणेन च ॥ अन्यैश्च वृष्णिभिः सार्द्धं विदर्भान्सबलो ययौ ॥ १४ ॥ संयुक्ता ज्ञातयश्चैव रुक्मिणः सुहृदश्च ये ॥ आहूता रुक्मिणा तेऽपि तत्राजग्मुर्नराधिपाः ॥ १५ ॥ शुभे तिथौ महाराज नक्षत्रे चाभिपूजिते ॥ विवाहः सोऽनिरुद्धस्य

पराक्रमी अनिरुद्ध नामका एक पुत्र उत्पन्न हुआ। वह पुत्र क्रमशः यौवनसीमापर पहुँचकर धनुर्विद्या, वेदविद्या और नीतिशास्त्रका पारदर्शी वीर और विद्वान् हो गया ॥ १० ॥ उसी समय राजा रुक्मीको स्वर्णप्रतिमाके सदृश सुन्दरी रुक्मवती नामकी एक पौत्री उत्पन्न हुई। वयस्क होनेपर भगवान कृष्णने अपने पौत्र अनिरुद्धके साथ विवाह करनेके लिए रुक्मीसे वह कन्या माँगी, किन्तु उनके साथ रुक्मीका जगत्प्रसिद्ध वैरभाव चल रहा था। फिर भी प्रद्युम्नके उद्योग, बहिन रुक्मिणीके प्रबल आग्रह और अनिरुद्धके गुणोंको देखकर रुक्मी अपनी पौत्रीको उस सुपात्रके लिए देनेको सहमत हो गया ॥ ११–१३ ॥ तब भगवान कृष्ण अपने पुत्रों, बलराम, वृष्णिगण तथा रुक्मिणीको साथ लेकर अपनी सेनाके साथ विदर्भनगरमें जा उपस्थित हुए ॥ १४ ॥ इधर रुक्मीने अपने ज्ञातिबन्धुओंमेंसे जिन-जिन राजाओंको निमन्त्रित किया था, वे सब भी वहाँ पहुँचे ॥ १५ ॥ तदनन्तर शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र और शुभ लग्नमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परम आनन्दके साथ अनिरुद्धका विवाहकार्य सम्पन्न हो गया ॥ १६ ॥ इस प्रकार अनिरुद्धके साथ वैदर्भी रुक्मवतीका विवाह हो जानेसे विदर्भनिवासियों और यादवोंको असीम आनन्द प्राप्त हुआ ॥ १७ ॥ कन्यापक्षकी ओरसे देवताओंके समान आदर-सत्कार पाकर वे बहुत आनन्दित हुए। इधर अश्मकाधिपति वेणुदारि, ऋक्षराज श्रुतर्वा, चाणूर, क्रथतनय अंशुमान्, कलिङ्गाधिपति महाबली जयत्सेन, श्रीमान् पाण्ड्य और ऋषीकाधिपति इन सब दाक्षिणात्य राजाओंने परस्पर मन्त्रणा की और एकान्तमें रुक्मीके पास जाकर कहने लगे—राजन्! आप द्यूतविद्यामें बड़े निपुण हैं। हमारी जुआ खेलनेकी प्रबल अभिलाषा है। बलरामको भी यह बहुत पसन्द है, किन्तु वे इसमें निपुण नहीं हैं ॥ १८–२१ ॥ अतएव आपकी सहायतासे हम उन्हें इस खेलमें परास्त करना चाहते हैं। हे महाराज! उन राजाओंके ऐसा कहते ही महारथी रुक्मी द्यूतक्रीड़ाके लिए सहमत हो गया ॥ २२ ॥ तदनन्तर वे सभी राजे शुभ्र माल्य

बभूव परमोत्सवः ॥ १६ ॥ पाणौ गृहीते वैदर्भ्यास्त्वनिरुद्धेन तत्र वै ॥ वैदर्भयादवानां च बभूव परमोत्सवः ॥ १७ ॥ रेमिरे वृष्णयस्तत्र पूज्यमाना यथामराः ॥ अथाश्मकानामधिपो वेणुदारिरुदारधीः ॥ १८ ॥ अक्षः श्रुतर्वा चाणूरः क्राथश्चैवांशुमानपि ॥ जयत्सेनः कलिङ्गानामधिपश्च महाबलः ॥ १९ ॥ पाण्ड्यश्च नृपतिः श्रीमानृषीकाधिपतिस्तथा ॥ एते संमन्त्र्य राजानो दाक्षिणात्या महर्द्धयः ॥ २० ॥ अभिगम्याब्रुवन्सर्वे रुक्मिणं रहसि प्रभुम् ॥ भवानक्षेषु कुशलो वयं चापि रिरंसवः ॥ प्रियद्यूतश्च रामोऽसावक्षेष्वनिपुणोऽपि च ॥२१॥ ते भवन्तं पुरस्कृत्य जेतुमिच्छाम तं वयम् ॥ इत्युक्तो रोचयामास रुक्मी द्यूतं महारथः ॥२२॥ ते शुभ्रां काञ्चनस्तम्भां कुसुमैर्भूषिताजिराम् ॥ सभामाविविशुर्हृष्टाः सिक्तां चन्दनवारिणा ॥२३॥ तां प्रविश्य ततः सर्वे शुभ्रस्रगनुलेपनाः ॥ सौवर्णेष्वासनेष्वासांचक्रिरे विजिगीषवः ॥ २४ ॥ आहूतो बलदेवस्तु कितवैरक्षकोविदैः ॥ बाढमित्यब्रवीद्धृष्टः सह दीव्याम पण्यताम् ॥ २५ ॥ निकृत्या विजिगीषन्तो दाक्षिणात्या नराधिपाः ॥ मणिमुक्ताः सुवर्णं च तत्रानिन्युः सहस्रशः ॥ २६ ॥ ततः प्रावर्तत द्यूतं तेषां रतिविनाशनम् ॥ कलहस्यास्पदं घोरं दुर्मतीनां क्षयावहम् ॥ २७ ॥ निष्काणां च सहस्राणि सुवर्णस्य दशादितः ॥ रुक्मिणा सह संपाते बलदेवो ग्लहं ददौ ॥ २८ ॥ तं जिगाय ततो रुक्मी यतमानं महाबलम् ॥ तावदेवापरं भूयो बलदेवं जिगाय सः ॥ २९ ॥

तथा चन्दनसे अलंकृत होकर काञ्चनमय स्तम्भोंसे विभूषित, फूलोंकी मालाओंसे सुशोभित और चन्दनजलसे सिंचित सभाभवनमें जा पहुँचे। विजयकी कामनासे प्रसन्न वे राजे वहाँ जाकर स्वर्णमय आसनोंपर बैठ गये ॥ २३ ॥ २४ ॥ उनके बैठ जानेपर द्यूतविद्यामें निपुण उन धूर्तोंने बलरामको बुलवाया। तदनन्तर उस सभामें उपस्थित होकर पूर्ण प्रसन्नताके साथ बलराम बोले—मैं आप लोगोंके साथ खेलनेको प्रस्तुत हूँ ॥ २५ ॥ तब उन्हें परास्त करनेके लिए दाक्षिणात्य राजाओंने वहाँ हजारोंकी संख्यामें मणि, मुक्ता और स्वर्णमुद्रायें मँगवा लीं ॥ २६ ॥ अब प्रणयभङ्गका मूल कारण, कलहका घर और मूर्खोंका सर्वनाश कर देनेवाला जुएका खेल आरम्भ हो गया ॥ २७ ॥ पहले रुक्मीके साथ खेल होने लगा, तब बलरामने सहस्र निष्क तथा दस सहस्र स्वर्णमुद्राका दाँव लगाया ॥ २८ ॥ इस दाँवमें रुक्मीकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जीत हुई। अब पुनः दाँव निर्धारित करके खेल चालू हुआ। इस बार भी रुक्मी ही जीता ॥ २९ ॥ भगवान् कृष्णके बड़े भ्राता बलराम बार-बार पराजित होकर कुछ रुष्ट हो गये और उन्होंने एक साथ एक करोड़ स्वर्णमुद्राका दाँव लगा दिया ॥ ३० ॥ अत्यन्त कुटिल रुक्मी 'यह दाँव भी मैंने जीत लिया' ऐसा कहकर अपनी बड़ाई करते हुए बलरामकी निन्दा तथा परिहास करने लगा ॥ ३१ ॥ उसने कहा—आज मैंने जुएके खेलमें अनाड़ी, दुर्बल, श्रीमान् तथा अजेय बलरामको परास्त करके इनसे अपरिमित स्वर्णमुद्रायें जीत लीं ॥ ३२ ॥ रुक्मीका वचन सुनते ही कलिङ्गराज दाँत निकाल तथा बड़े जोरसे ठहाका मारकर हँसने लगा। इससे बलराम क्रुद्ध हो गये ॥ ३३ ॥ रुक्मीके अति कठोर वचनरूपी विषसे उनका अङ्ग-प्रत्यङ्ग जलने लगा। वैसे तो यद्यपि वे क्रोधजित् थे, किन्तु उस समय बरबस उन्हें क्रोध आ ही गया ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ फिर भी अविचलित धैर्यसे अपने मनको संयत करके उन्होंने कहा—

असकृज्जीयमानस्तु रुक्मिणा केशवाग्रजः ॥ सुवर्णकोटीर्जग्राह ग्लहं तस्य महात्मनः ॥ ३० ॥ जितमित्येव हृष्टोऽथ तमाहूतिरभाषत ॥ श्लाघ्यमानश्च चिक्षेप प्रहसन्मुसलायुधम् ॥ ३१ ॥ अविद्यो दुर्बलः श्रीमान्हिरण्यममितं मया ॥ अजेयो बलदेवोऽयमक्षद्यूते पराजितः ॥ ३२ ॥ कलिङ्गराजस्तच्छ्रुत्वा प्रजहास भृशं तदा ॥ दन्तान्सन्दर्शयन्हृष्टस्तत्राक्रुद्ध्यद्धलायुधः ॥ ३३ ॥ रुक्मिणस्तद्वचः श्रुत्वा पराजयनिमित्तजम् ॥ निगृह्यमाणस्तीक्ष्णाभिर्वाग्भिर्भीष्मकसूनुना ॥३४॥ रोषमाहारयामास जितरोषोऽपि धर्मजित् ॥ संक्रुद्धो धर्षणां प्राप्य रौहिणेयो महाबलः ॥३५॥ धैर्यान्मनः सन्निधाय ततो वचनमब्रवीत् ॥ दशकोटिसहस्राणि ग्लह एको ममापरः ॥ ३६ ॥ एनं संपरिगृह्णीष्व पातयाक्षान्नराधिप ॥ कृष्णाक्षाँल्लोहिताक्षांश्च देशेऽस्मिंस्त्वधिपांसुले ॥ ३७ ॥ इत्येवमाह्वयामास रुक्मिणं रोहिणीसुतः ॥ अनुक्त्वा वचनं किंचिद्बाढमित्यब्रवीत्पुनः ॥३८॥ अक्षान् रुक्मी ततो हृष्टः पातयामास पार्थिवः ॥ चातुरक्षे तु निर्वृत्ते निर्जितः स नराधिपः ॥३९॥ बलदेवेन धर्मेण नेत्युवाच ततो बलम् ॥ धैर्यान्मनः समाधाय स न किंचिदुवाच ह ॥ ४० ॥ बलदेवं ततो रुक्मी मया जितमिति स्मयन् ॥ बलदेवस्तु तच्छ्रुत्वा जिह्मं वाक्यं नराधिपः ॥ ४१ ॥ भूयः क्रोधसमाविष्टो नोत्तरं व्याजहार ह ॥ ततो गम्भीरनिर्घोषा वागुवाचाशरीरिणी ॥ ४२ ॥ बलदेवस्य तं क्रोधं वर्धयन्ती महात्मनः ॥ सत्यमाह बलः श्रीमान्धर्मेणैष पराजितः ॥ ४३ ॥ अनुक्त्वा वचनं किंचित्प्राप्तो भवति कर्मणा ॥ मनसा समनुज्ञातं तत्स्यादित्यवगम्यताम् ॥४४॥ इति श्रुत्वा वचस्तथ्य-

यह मेरा दस हजार करोड़ स्वर्णमुद्राओंका एक दाँव और लगा। अब तुम इस सरजस्क प्रदेश (रेगिस्तान) में अपना कृष्ण और लोहित वर्णका पाँसा फेंको ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ऐसा कहकर बलरामने रुक्मीको ललकारा। रुक्मीने भी इसका कोई उत्तर न देकर केवल 'बहुत अच्छा' इतना कहा ॥ ३८ ॥ तदनन्तर उसने बड़ी प्रसन्नताके साथ पाँसा फेंक दिया। चारकी संख्यासे अङ्कित पाँसेके गिरनेसे अबकी बार रुक्मी पराजित हो गया ॥ ३९ ॥ नियमानुसार बलदेव कुछ नहीं बोले। उन्होंने धैर्यधारणपूर्वक शान्त रहते हुए कुछ भी नहीं कहा ॥ ४० ॥ किन्तु रुक्मी चारको नौ कहकर अपनी जीत बताता हुआ झगड़ने लगा। उसकी झूठी बात सुनकर क्रोधाकुल होते हुए भी बलदेव चुप रहे। किन्तु उसकी चालबाजियाँ देखते हुए बलराम अत्यधिक क्रुद्ध होकर शान्तभावसे बैठे थे। इसी समय आकाशवाणी हुई कि 'बलदेवका कथन यथार्थ है। अबकी बार इन्हींकी जीत हुई है ॥ ४१–४३ ॥ यद्यपि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ये कुछ बोले नहीं रहे हैं, फिर भी यह बाजी उन्हींके पक्षमें है। अतएव इस दाँवकी सारी स्वर्णमुद्रायें इन्हींको मिलनी चाहियें। यहाँ बैठे हुए प्रतिवादीगण यह भलीभाँति जानते हैं कि जीत किसकी हुई हैं, किन्तु कहते कुछ नहीं। यह बहुत बड़ा अन्याय है' ॥ ४४ ॥ इस आकाशवाणीको सुनते ही बलरामकी क्रोधाग्नि भभक उठी। बस, वे उठ खड़े हुए और एक सुवर्णमय तथा गुरुतर अष्टपादके प्रहारसे उस क्रूरभाषी, कपटव्यसनी तथा रुक्मणीके भ्राता रुक्मीको मार डाला ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ इसके बाद उसी क्रोधवेशमें उन्होंने कलिङ्गराज जयत्सेनके दाँत तोड़ डाले और सिंहके समान भीषण गर्जन करने लगे ॥ ४७ ॥ तदनन्तर हाथमें तलवार लेकर वहाँपर उपस्थित सभी राजाओंको उन्होंने भयभीत कर दिया। फिर बलवान बलरामने उस सभाके स्वर्णस्तम्भको उखाड़ लिया और मत्त गजराजकी तरह उसे खींचते हुए सभाद्वारपर आकर कैशिकदेशीय वीरोंमें हाहाकार मचा दिया ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ हे महाराज! इस प्रकार बलराम कपटी रुक्मीका वध करके जैसे सिंह क्षुद्र मृगोंको भयभीत कर देता है, वैसे ही अन्यान्य राजाओंको वित्रासित करके स्वजनोंके

मन्तरिक्षात्सुभाषितम् ॥ संकर्षणस्तथोत्थाय सौवर्णेनोरुणा बली ॥ ४५ ॥ रुक्मिण्या भ्रातरं ज्येष्ठं निजघान महीतले ॥ विवादे कुपितो रामः क्षेप्तारं किल रुक्मिणम् ॥ जघानाष्टापदेनैव प्रमथ्य यदुनन्दनः ॥ ४६ ॥ ततोऽपसृत्य संक्रुद्धः कलिङ्गाधिपतेरपि ॥ दन्तान्बभञ्ज संरम्भादुन्ननाद च सिंहवत् ॥ ४७ ॥ खड्गमुद्यम्य तान्सर्वांस्त्रासयामास पार्थिवान् ॥ स्तम्भं सभायाः सौवर्णमुत्पाट्य बलिनां वरः ॥ ४८ ॥ गजेन्द्र इव तं स्तम्भं कर्षन्संकर्षणस्ततः ॥ निर्जगाम सभाद्वारात्त्रासयामास कैशिकान् ॥ ४९ ॥ रुक्मिणं निकृतिप्रज्ञं स हत्वा यादवर्षभः ॥ वित्रास्य विद्विषः सर्वान्सिंहः क्षुद्रमृगानिव ॥ ५० ॥ जगाम शिबिरं रामः स्वयमेव जनावृतः ॥ न्यवेदयत्स कृष्णाय तत्र सर्वं यथाऽभवत् ॥ ५१ ॥ नोवाच स तदा कृष्णः किंचिद्रामं महाद्युतिः ॥ निगृह्य च तदात्मानं कृच्छ्रादश्रूण्यवर्तयत् ॥ ५२ ॥ न हतो वासुदेवेन यः पूर्वं परवीरहा ॥ ज्येष्ठो भ्राताऽथ रुक्मिण्या रुक्मिणीस्नेहकारणात् ॥ ५३ ॥ स रामकरमुक्तेन निहतो द्यूतमण्डले ॥ अष्टापदेन बलवान्राजा वज्रधरोपमः ॥ ५४ ॥ तस्मिन्हते महावीर्ये नृपतौ भीष्मकात्मजे ॥ द्रुमभार्गवतुल्ये वै द्रुमभार्गवशिक्षिते ॥ ५५ ॥ कृतौ च युद्धकुशले नित्ययाजिनि पातिते ॥ वृष्णयश्चान्धकाश्चैव सर्वे विमनसोऽभवन् ॥ ५६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ रुक्मिणी च महाभागा विलपन्त्यार्तया गिरा ॥ विलपन्तीं तथा दृष्ट्वा सान्त्वयामास केशवः ॥ ५७ ॥ एतत्ते

साथ अपने शिविरको चले गये। वहाँ पहुँचकर उन्होंने भगवान कृष्णको साद्यन्त वहाँका सब वृत्तान्त कह सुनाया ॥ ५० ॥ ५१ ॥ वह समाचार सुनकर भगवानने कुछ नहीं कहा और बड़ी कठिनाईसे उन्होंने अपने आँसुओंको रोका ॥ ५२ ॥ रुक्मिणीके प्रति विशेष स्नेह रहनेके कारण उन्होंने सोचा कि पूर्वकालमें शत्रुनाशन वासुदेवने (मैंने) जिसे नहीं मारा, आज इन्द्र सदृशतेजस्वी रुक्मिणीके सहोदर भ्राता रुक्मीको बलरामने द्यूतक्रीड़ाके अवसरपर अष्टापदसे मार डाला ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ हे महाराज! भार्गव (भगवान परशुराम) द्वारा, शिक्षित, अतुल पराक्रमी, रणपण्डित और नित्य यज्ञशील भीष्मकतनय रुक्मीके मर जानेसे वृष्णि और अन्धकवंशी यादवोंको बड़ा दुःख हुआ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! महाभागा रुक्मिणीको जब यह खबर मिली तो वे आर्त स्वरमें विलाप करने लगीं। उन्हें बिलखती देखकर भगवानने सान्त्वना दी ॥ ५७ ॥ हे महाराज जनमेजय!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार मैंने आपको रुक्मीका यादवोंके साथ वैर तथा मरणका वृतान्त कह सुनाया ॥ ५८ ॥ हे राजन् ! तदनन्तर वहाँसे प्रचुर धन लेकर बलराम तथा कृष्ण दोनों भ्राता साथ-साथ द्वारका चल पड़े ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं॰ रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६२ ॥

(बलरामजीका माहात्म्य) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे विप्रर्षे ! मैं फिरसे बुद्धिमान् धरणीधर अनन्तदेव श्रीबलरामजीका माहात्म्य सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥ मैंने सुना है कि पुराणवेत्ता महात्मा लोग उन्हें अजेय तेजोराशि कहकर उनके गुण गाते हैं ॥ २ ॥ संसारके लोग उन्हें आदिदेव तथा नगराजके नामसे जानते हैं । अतएव आप उनके माहात्म्यविषयक सभी विवरणं केहिए ॥ ३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पुराणोंमें वे नागराज, धरणीधर, शेष, तेजोनिधि, पुरुषोत्तम, अजेय, योगाचार्य,

सर्वमाख्यातं रुक्मिणो निधनं यथा ॥ वैरस्य च समुत्थानं वृष्णिभिर्भरतर्षभ ॥ ५८ ॥ वृष्णयोऽपि महाराज धनान्यादाय सर्वशः ॥ रामकृष्णौ
समाश्रित्य ययुर्द्वारवतीं प्रति ॥ ५९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुक्मिवधो नाम द्विषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६२ ॥
राजोवाच ॥ भूय एव तु विप्रर्षे बलदेवस्य धीमतः ॥ माहात्म्यं श्रोतुमिच्छामि शेषस्य धरणीभृतः ॥ १ ॥ अतीव बलदेवं तं तेजोराशि-
मनिर्जितम् ॥ कथयन्ति महात्मानं ये पुराणविदो जनाः ॥ २ ॥ तस्य कर्माण्यहं विप्र श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ अनन्तं ये विदुर्नागमादिदेवं
नगेश्वरम् ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ पुराणे नागराजोऽसौ पठ्यते धरणीधरः ॥ शेषस्तेजोनिधिः श्रीमानकम्प्यः पुरुषोत्तमः ॥ ४ ॥ योगाचार्यो
महावीर्यो देवमन्त्रमुखो बली ॥ जरासन्धं गदायुद्धे जितवान् यो न चावधीत् ॥ ५ ॥ बहवश्चैव राजानः प्रथिताः पृथिवीतले ॥ अन्वयुर्मागधं
सर्वे ते चापि विजिता रणे ॥ ६ ॥ नागायुतबलप्राणो भीमो भीमपराक्रमः ॥ असकृद्बलदेवेन बाहुयुद्धे पराजितः ॥ ७ ॥ दुर्योधनस्य कन्यां तु हर-
माणो न्यगृह्यत ॥ साम्बो जाम्बवतीपुत्रो नगरे नागसाह्वये ॥ ८ ॥ राजभिः सर्वतो रुद्धे हरमाणो बलात्किल ॥ तदुपश्रुत्य संरुद्ध आजगाम
महाबलः ॥ ९ ॥ रामस्तस्य तु मोक्षार्थमागतो नालभच्च तम् ॥ ततश्चुक्रोध बलवानद्भुतं चाकरोन्महम् ॥ १० ॥ अनिवार्यमभेद्यं च दिव्यमप्रतिमं
बले ॥ लाङ्गलास्त्रं समुद्यम्य ब्रह्ममंत्राभिमन्त्रितम् ॥ ११ ॥ प्राकारवप्रे विन्यस्य पुरस्य च महाद्युतिः ॥ प्रक्षेप्तुमैच्छद्गङ्गायां नगरं कौरवस्य तत्

महावीर्य, देवमंत्रमुख और बली आदि नामोंसे विख्यात हैं । गदायुद्धमें उन्होंने जरासंधको परास्त कर दिया था, किन्तु मारा नहीं ॥ ४ ॥ ५ ॥ पृथ्वीतलमें बहुतेरे राजे जरासंधके साथ रणभूमिमें उतरे, किन्तु वे सभी परास्त हो गये ॥ ६ ॥ भयानक पराक्रमी भीमके शरीरमें दस हजार हाथियोंका बल था, किन्तु वे भी बाहुयुद्धमें बलरामके हाथों बहुत बार पराजित हो चुके थे ॥ ७ ॥ जब जाम्बवतीके पुत्र साम्ब हस्तिनापुरसे दुर्योधनकी कन्याका हरण करके ले चले तो बहुतसे राजाओंने उन्हें चारों ओरसे घेर लिया । यह समाचार सुनकर हलायुधधर बलरामजी उन्हें छुड़ानेके लिए वहाँ जा पहुँचे । किन्तु दुर्योधनने साम्बको तब भी नहीं छोड़ा । इससे बलरामजी कुपित हो गये और उन्होंने उस समय अद्भुत युद्ध किया ॥ ८–१० ॥ अन्तमें उन्होंने अपना अनिवार्य, अभेद्य, अप्रतिम, ब्रह्मदण्डस्वरूप, दिव्य तथा ब्रह्ममंत्राभिमंत्रित लांगलास्त्र उठाकर हस्तिनापुरको गंगाजीमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

डुबा देनेके विचारसे उसे हस्तिनापुरीकी प्राकारभित्तिमें लगाया ॥ ११ ॥ १२ ॥ लांगलास्त्रके लगते ही हस्तिनापुरी घूमने लगी। इससे अपने ऊपर भयानक विपत्ति उपस्थित देखकर दुर्योधनने अपनी कन्या समेत साम्बको मुक्त कर दिया और वह स्वयं बलरामसे गदायुद्ध सीखनेके लिए उनका शिष्य बन गया। बलरामने भी कुरुपति दुर्योधनको शिष्यरूपमें स्वीकार कर लिया ॥ १३ ॥ १४ ॥ हे महाराज! उसी समयसे हस्तिनापुरी गङ्गाजीकी ओर झुककर प्रणाम करती हुई-सी दीखती है ॥ १५ ॥ इसके अतिरिक्त पूर्वकालमें उन्होंने भाण्डीरकवनमें जो अद्भुत कार्य किया था, वह जगजाहिर है और पहले ही कहा जा चुका है ॥ १६ ॥ वहाँ उन्होंने एक ही मुक्केके प्रहारसे प्रलम्बको मार डाला था और महाकाय धेनुकको वृक्षके ऊपर फेंक दिया था। जिससे गर्दभरूपधारी वह दैत्य मरकर पृथिवीपर आ गिरा था ॥ १७ ॥ उनके प्रतापसे लवणसमुद्रगामिनी एवं यमराजकी बहिन यमुनाको अपनी

॥ १२ ॥ तद्विघूर्णितमालक्ष्य पुरं दुर्योधनो नृपः ॥ साम्बं निर्यातयामास सभार्यं तस्य धीमतः ॥ १३ ॥ ददौ शिष्यं तदाऽऽत्मानं रामस्य सुमहात्मनः ॥ गदायुद्धे कुरुपतिं शिष्यं जग्राह तं च सः ॥ १४ ॥ ततः प्रभृति राजेन्द्र पुरमेतद्विघूर्णितम् ॥ आवर्जितमिवाभाति गङ्गामभिमुखं नृप ॥ १५ ॥ इदमत्यद्भुतं कर्म रामस्य कथितं भुवि ॥ भाण्डीरे कथितं राजन् यत्कृतं शौरिणा पुरा ॥ १६ ॥ प्रलम्बं मुष्टिनैकेन यज्जघान हलायुधः ॥ धेनुकं तु महावीर्यं चिक्षेप नगमूर्द्धनि ॥ स गतायुः पपातोर्व्यां दैत्यो गर्दभरूपधृक् ॥ १७ ॥ लवणजलगमा महानदी द्रुतजलवेगतरङ्गमालिनी ॥ नगरमभिमुखं यदा हृता हलविधृता यमुना यमस्वसा ॥ १८ ॥ बलदेवस्य माहात्म्यमेतत्ते कथितं मया ॥ अनन्तस्याप्रमेयस्य शेषस्य धरणीभृतः ॥ १९ ॥ इति पुरुषवरस्य लाङ्गलेर्बहुविधमुत्तममन्यदेव च ॥ यदकथितमिहाद्य कर्म ते तदुपलभस्व पुराणविस्तरात् ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि बलदेवमाहात्म्यं नाम त्रिषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६३ ॥

जनमेजय उवाच ॥ प्रत्येत्य द्वारकां विष्णुर्हते रुक्मिणि वीर्यवान् ॥ अकरोद्यन्महाबाहुस्तन्मे वद महामुने ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ स तैः परिवृतः श्रीमान्पुरीं यादवनन्दनः ॥ द्वारकां भगवान्विष्णुः प्रत्यवैक्षत वीर्यवान् ॥ २ ॥ प्रत्यपद्यत रत्नानि विविधानि वसूनि च ॥ यथार्हं

तरङ्गमालाओं द्वारा विलुण्ठित होते हुए द्रुतगतिसे नगरकी ओर आना पड़ा था। १८ ॥ हे महाराज! इस प्रकार मैंने अपरिमित पराक्रमी पुरुषपुंगव महात्मा अनन्तदेवका यत्किञ्चित् माहात्म्य आपको सुनाया ॥ १९ ॥ इनके अतिरिक्त उनके जो अन्यान्य माहात्म्य यहाँ नहीं कहे जा सके हैं, उन्हें पुराणोंमें आप विस्तारके साथ प्राप्त कर सकते हैं ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६३ ॥

(इन्द्रका द्वारका आगमन) राजा जनमेजय बोले—हे मुनिवर! भीष्मकतनय रुक्मीका विनाश हो जानेके बाद वासुदेव श्रीकृष्णने द्वारकामें पहुँचकर जो लीलायें की हों, उन्हें सुनाइए ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! यादवोंको आनन्दित करनेवाले महाबली श्रीकृष्ण द्वारकामें पहुँचकर अपने अनुयायियोंके साथ वहाँके राज-काजका पर्यवेक्षण करने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगे ॥ २ ॥ विदर्भनगरमें उन्हें जो भी धन प्राप्त हुआ था, उसे राक्षसों द्वारा ढुलवाकर अपने घर ले आये और सम्हालकर यथास्थान रखवा दिया ॥ ३ ॥ उस समय ब्रह्माके वरदानसे गर्वीले दैत्यों और दानवोंने भयानक उत्पात मचाना आरम्भ कर दिया था। किन्तु श्रीकृष्ण भगवानने उन सबको नष्ट कर डाला ॥ ४ ॥ तदनन्तर देवताओंमें आतंक फैलाते हुए महान् इन्द्रशत्रु नरकासुरने घोर अत्याचार करना प्रारम्भ कर दिया ॥ ५ ॥ वह देवविघातक दानव मूर्तिमान् काल बनकर सभी देवताओं और ऋषियोंका अनिष्ट करने लगा ॥ ६ ॥ एक बार वह दानव हाथीका रूप धारण करके विश्वकर्माकी चतुर्दशवर्षीया सुन्दरी कन्याको अपनी सूँड़से पकड़कर हर ले गया। अज्ञानतावश उसमें भय अथवा लज्जा नहीं रह गयी थी। उसी समय प्राग्ज्योतिषपुर अर्थात् कामरूप देशका शासक बनकर उसने दैत्यों, दानवों और राक्षसोंको बुलाकर कहा कि आजसे देवलोक, मनुष्यलोक, पृथिवी अथवा समुद्र जहाँ कहीं

पुण्डरीकाक्षो नैर्ऋतान्प्रत्यवारयत् ॥ ३ ॥ तत्र विघ्नं चरंति स्म दैतेयाः सह दानवैः ॥ ताञ्जघान महाबाहुर्वरदृप्तान्महासुरान् ॥ ४ ॥ विघ्नं चास्याकरोत्तत्र नरको नाम दानवः ॥ त्रासनः सर्वदेवानां देवराजरिपुर्महान् ॥ ५ ॥ स भूमौ मूर्तिलिंगस्थः सर्वदेवाधिबाधिता ॥ देवतानामृषीणां च प्रतीपमकरोत्तदा ॥ ६ ॥ त्वष्टुर्दुहितरं भौमः कशेरुमगमत्तदा ॥ गजरूपेण जग्राह रुचिराङ्गीं चतुर्दशीम् ॥ ७ ॥ प्रमथ्य तां वरारोहां नरको वाक्यमब्रवीत् ॥ नष्टशोकभयो मोहात्प्राग्ज्योतिषपतिस्तदा ॥ ८ ॥ यानि देवमनुष्येषु रत्नानि विविधानि च बिभर्ति च मही कृत्स्ना सागरेषु च यद्वसु ॥ ९ ॥ अद्यप्रभृति तानीह सहिताः सर्वनैर्ऋताः ॥ ममैवोपाहरिष्यन्ति दैत्याश्च सह दानवैः ॥ १० ॥ एवमुत्तमरत्नानि वस्त्राणि विविधानि च ॥ स जहार तदा भौमस्तच्च नाधिचकार सः ॥ ११ ॥ गन्धर्वाणां च याः कन्या जहार नरको बली ॥ याश्च देवमनुष्याणां सप्त चाप्सरसां गणाः ॥ १२ ॥ चतुर्दश सहस्राणि एकविंशच्छतानि च ॥ एकवेणीधराः सर्वाः सीतामार्गमनुव्रताः ॥ १३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तासां पुरवरं भौमोऽकारयन्मणिपर्वतम् ॥ अलकायामदीनात्मा मुरोः स्वविषयं प्रति ॥ १४ ॥ ताश्च प्राग्ज्योतिषपतिं मुरोश्चैव दशात्मजाः ॥ नैर्ऋताश्च यथामुख्याः पालयन्त उपासते ॥ स एष तमसः पारे वरदृप्तो महासुरः ॥ १५ ॥ न चासुरगणैः सर्वैः सहितैः कर्म तत्पुरा ॥ कृतपूर्वं तदा घोरं यदकार्षीन्महा-

जितना भी धन-रत्न हो, वह सब लाकर तुम लोग हमारे समक्ष उपस्थित करो ॥ ७–१० ॥ तदनुसार उन दैत्यादिकोंके द्वारा विविध धन-रत्न तथा नाना प्रकारके वस्त्राभूषण आने लगे। किन्तु स्वयं वह उनमेंसे किसी भी वस्तुपर अपना अधिकार नहीं मानता था ॥ ११ ॥ इसके बाद भौमासुर गन्धर्वकन्याओं, देवकन्याओं, मनुष्यकन्याओं तथा सात सम्प्रदायकी अप्सराओंको हर लाया ॥ १२ ॥ इस प्रकार कुल मिल मिलाकर सोलह हजार एक सौ केवल एक वेणीधारिणी कन्यायें सतीधर्मका पालन करती हुई उसकी सेवा करने लगीं ॥ १३ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! दैत्यवर नरकासुरने उन कन्याओंके निवासार्थ मुरु दैत्य द्वारा अधिकृत अलकापुरीके मध्यमें मणिपर्वतपर एक रमणीक नगरका निर्माण कराया ॥ १४ ॥ वे सब कुमारियाँ, मुरु दैत्यके दस पुत्र तथा प्रधान-प्रधान राक्षस उस नरकासुरकी आज्ञाका पालन करने लगे। हे महाराज! पूर्वकालमें सभी असुरोंने मिलकर भी जो काम नहीं कर पाया था,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसे उस मोहान्ध नरकासुरने अकेले ही पूर्ण कर दिया ॥१५॥१६॥ प्राग्ज्योतिषपुरपति तथा पृथ्वीपुत्र उस दुष्ट नरकासुर कुण्डलप्राप्तिके निमित्त देवमाता अदितिको भी ताड़ना दी थी। हयग्रीव, निसुन्द, पञ्चनद और वीर ये युद्धदुर्मद चार महान् असुर उसके द्वारपाल थे ॥ १७ ॥ १८ ॥ वरप्राप्त महान् असुर मुरुने अपने हजार पुत्रों एवं भीषणाकार दैत्योंको साथ लेकर आकाशतकको अवरुद्ध कर दिया था। उस समय पुण्यात्माओंके भयकी कोई सीमा नहीं रही ॥१९॥ वरदानसे मदमत्त उस दानवका वध करनेके लिए शंख-चक्र-गदा-पद्म तथा असिधारी विष्णुभगवानने वृष्णिवंशमें वसुदेव द्वारा देवकीके गर्भसे जन्म लिया था ॥२०॥ उन त्रिलोकविख्यात पुरुषोत्तम भगवानके निवासार्थ देवताओंने विविध उपाय करके द्वारकापुरीका निर्माण किया था ॥२१॥ वह द्वारकापुरी इन्द्रकी अमरावतीपुरीसे भी सुन्दर थी। उस पुरीकी सीमा बढ़ानेके लिए समुद्रने हटकर जगह दे दी थी। उसमें पाँच पर्वत तथा स्वर्णतोरणमयी दाशार्ही

सुरः ॥ १६ ॥ अदितिं धर्षयामास कुंडलार्थे महासुरः ॥ यं मही सुषुवे देवी यस्य प्राग्ज्योतिषं पुरम् ॥ १७॥ द्वारपालाश्च चत्वारस्तस्यासन् युद्ध-
दुर्मदाः ॥ हयग्रीवो निसुन्दश्च वीरः पञ्चनदस्तथा ॥ १८ ॥ मुरुः पुत्रसहस्रैश्च वरदत्तोऽसुरो महान् ॥ आदेवयानमावृत्य पन्थानं समुपस्थितः ॥
वित्रासनः सुकृतिनां विरूपै राक्षसैः सह ॥ १९ ॥ तद्वधार्थं महाबाहुः शङ्खचक्रगदासिभृत् ॥ जातो वृष्णिषु देवक्यां वसुदेवाज्जनार्दनः ॥ २० ॥
तस्याथ पुरुषेन्द्रस्य लोकप्रथिततेजसः ॥ निवासो द्वारका देवैरुपायादुपपादिता ॥ २१ ॥ अतीव हि पुरी रम्या द्वारका वासवक्षयात् ॥ महार्णव-
परिक्षिप्ता पञ्चपर्वतशोभिता ॥ २२ ॥ तस्यां देवपुराभायां सभा काञ्चनतोरणा ॥ सा दाशार्हीति विख्याता योजनायामविस्तृता ॥ २३ ॥ तत्र
वृष्ण्यन्धकाः सर्वे रामकृष्णपुरोगमाः ॥ लोकयात्रामिमां कृत्स्नां परिरक्षन्त आसते ॥ २४ ॥ तत्रासीनेषु सर्वेषु कदाचिद्भरतर्षभ ॥ दिव्यगन्धो
ववौ वायुः पुष्पवर्षं पपात ह ॥ २५ ॥ ततः किलकिलाशब्दः प्रभाजालाभिसंवृतः ॥ मुहूर्तमन्तरिक्षेऽभूत्ततो भूमौ प्रतिष्ठितः ॥ २६ ॥ मध्ये तु
तेजसस्तस्य पाण्डुरं गजमास्थितः ॥ वृतो देवगणैः सर्वैर्वासवः समदृश्यत ॥ २७ ॥ रामकृष्णौ च राजा स वृष्ण्यन्धकगणैः सह ॥ प्रत्युद्ययुर्म-
हात्मानं पूजयन्तः सुरेश्वरम् ॥ २८ ॥ सोऽवतीर्य गजात्तूर्णं परिष्वज्य जनार्दनम् ॥ सस्वजे बलदेवं च तं च राजानमाहुकम् ॥ २९ ॥ वृष्णीनन्या-

नामकी महासभा विद्यमान थी। उस सभाका विस्तार एक योजन था ॥ २२ ॥ २३ ॥ श्रीकृष्ण-बलराम आदि वृष्णि और अन्धकवंशी यादव उसी सभाभवनमें बैठकर राज्यके कार्योंका संचालन करते थे ॥ २४ ॥ हे भरतर्षभ! एक दिन वे उसी सभामें बैठे हुए थे। उसी समय सहसा सुगन्ध-मिश्रित मन्द-मन्द वायु बहने लगी, आकाशसे फूल बरसने लगे, जारोंका कोलाहल सुनायी पड़ा और तनिक देरके लिए आकाशमें एक विशाल तेजका पुञ्ज दिखायी देने लगा। क्षणभर बाद वह तेजोराशि भूतलपर उतर आयी ॥ २५ ॥ २६ ॥ उस तेजोराशिके मध्यसे श्वेत हाथीपर सवार और देवताओंसे परिवेष्टित देवराज इन्द्र प्रकट हो गये ॥ २७ ॥ तब बलराम, कृष्ण, उग्रसेन एवं वृष्णि तथा अन्धकगणोंने उनका स्वागत करके विधिवत् पूजन किया ॥ २८ ॥ तदनन्तर देवराज तत्काल ऐरावतसे उतर पड़े और उन्होंने श्रीकृष्ण, बलराम, उग्रसेन, आहुक और अन्यान्य वृष्णियोंका आलिङ्गन किया। इसके बाद श्रीकृष्ण-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलराम द्वारा पूजित होकर वे उस दाशार्ही सभामें गये ॥ २९ ॥ ३० ॥ जब देवराज इंद्र उस सभाको अलंकृत करते हुए बैठ गये। तब उन्होंने विधिवत् अर्घ्य-पाद्य आदि उपहार प्राप्त किया ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां चतुःषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६४ ॥

(नरकासुरके वधका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर देवराज इन्द्र अपने भ्राता (उपेन्द्र) श्रीकृष्णकी ठोढ़ीका स्पर्श करके सान्त्वनापूर्ण वाणीमें बोले—॥१॥ हे देवकीनन्दन ! आज जिस कार्यके उपलक्ष्यमें मैं आपके पास आया हूँ, उसे बताता हूँ। सुनिए—॥२॥ नरक नामका एक दैत्य ब्रह्माके वरदानसे मदमत्त होकर देवमाता अदितिका कुण्डल छीन ले गया है ॥ ३ ॥ वह नित्य देवताओं, ब्राह्मणों तथा ऋषियोंपर नाना प्रकारके अत्याचार किया करता है। अतः कोई अवसर देखकर आप शीघ्र उस पापीका वध कर

न्स्रस्वजे च यथाकालं यथावयः ॥ पूजितो रामकृष्णाभ्यामाविवेश स तां सभाम् ॥ ३० ॥ तत्रासीनोऽभ्यलंकृत्वा सभांताममरेश्वरः ॥ अर्घ्यादिसमुदाचारं प्रत्यगृह्णात्तथाविधि ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासवागमनं नाम चतुःषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथोवाच महातेजा वासवो वासवानुजम् ॥ सान्त्वपूर्वं करेणास्य संस्पृश्य वदनं शुभम् ॥ १ ॥ देवकीनन्दन वचः शृणु मे मधुसूदन ॥ येन त्वाभिगतोऽस्म्यद्य कार्येणामित्रकर्शन ॥ २ ॥ नैर्ऋतो नरको नाम ब्रह्मणो वरदर्पितः ॥ अदित्याः कुण्डले मोहाज्जहार दितिनन्दनः ॥ ३ ॥ देवानां विप्रिये नित्यमृषीणां च स वर्त्तते ॥ तं च देवान्तरं प्रेक्ष्य जहि त्वं पापपूरुषम् ॥ ४ ॥ अयं त्वां गरुडस्तत्र प्रापयिष्यति कामगः ॥ कामवीर्योऽतितेजस्वी वैनतेयोऽन्तरिक्षगः ॥ ५ ॥ अवध्यः सर्वभूतानां भौमः स नरकोऽसुरः ॥ निषूदयित्वा तं पापं क्षिप्रमागन्तुमर्हसि ॥ ६ ॥ इत्युक्तः पुण्डरीकाक्षो देवराजेन केशवः ॥ प्रतिजज्ञे महाबाहुर्नरकस्य निबर्हणे ॥ ७ ॥ ततः सहैव शक्रेण शङ्खचक्रगदासिभृत् ॥ प्रतस्थे गरुडेनाथ सत्यभामासहायवान् ॥ ८ ॥ क्रमेण सप्तस्कन्धान्स मरुतां सहवासवः ॥ पश्यतां यदुसिंहानामूर्ध्वमाचक्रमे बली ॥ ९ ॥ वारणेन्द्रगतः शक्रो गरुडस्थो जनार्दनः ॥ विदूरत्वात्प्रकाशेते सूर्याचन्द्रमसाविव ॥ १० ॥ अन्तरिक्षे च गन्धर्वैरप्सरोभिश्च केशवः ॥ स्तूयमानोऽथ शक्रश्च क्रमेणान्तरधीयत ॥ ११ ॥ समाधायेतिकर्तव्यं वासवो विबुधाधिपः ॥ स्वमेव भवनं प्रायात्कृष्णः प्राग्ज्योतिषं प्रति ॥ १२ ॥ पक्षानिलहतो

दीजिए ॥ ४ ॥ इच्छाचारी, आकाशगामी और विनतानन्दन गरुड अभी ही आकर आपको वहाँ ले जायँगे ॥५॥ भूमिपुत्र नरकासुरको और कोई नहीं मार सकता। सो आप उस पापीको मारकर शीघ्र लौट आइए ॥६॥ देवराज इन्द्रके ऐसा कहनेपर भगवान कृष्णने नरकासुरके वधकी प्रतिज्ञा की ॥७॥ तदनन्तर वे शंख-चक्र-गदा-असिधारी भगवान कृष्ण गरुड़पर सवार होकर इन्द्रके साथ चल पड़े ॥ ८ ॥ यादवोंके देखते-देखते वे क्रमशः आवह-प्रवह आदि सात वायुमार्गोंको लाँघकर ऊपर उठे ॥ ९ ॥ ऐरावत हाथीपर सवार इन्द्र और गरुड़पर आरूढ़ भगवान वे दोनों आकाशमें पहुँचकर सूर्य-चन्द्रमा सदृश दीखने लगे ॥१०॥ अन्तरिक्षमें गन्धर्व और अप्सरायें इन्द्र तथा वासुदेव भगवानके गुण गाने लगीं। धीरे-धीरे वे दोनों सबकी आँखोंसे ओझल हो गये ॥ ११ ॥ बादमें देवराज इन्द्र अपना कर्तव्य कार्य पूर्ण करके अपने घर लौट पड़े और केशव भगवान प्राग्ज्योतिषनगरको चले गये ॥ १२ ॥ उस समय गरुड़के पंखोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आहत वायु प्रतिकूल बहने लगी और आकाशचारी जन्तु गजनशील मेघोंके साथ आकाशमें मँडराने लगे ॥ १३ तदनन्तर भगवान कृष्ण शीघ्र वहाँ जा पहुँचे और आकाशसे ही दानव-समुदायको देखकर उधर ही चले गये ॥ १४ ॥ धीरे-धीरे और समीप पहुँचकर उन्होंने देखा कि द्वारपर हाथी, घोड़े, रथ आदि विविध वाहन तथा छुरेकी धार सदृश तीक्ष्ण धारवाले छ हजार मुरदैत्यनिर्मित पाश विद्यमान हैं ॥ १५ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! नीलाम्बुद वर्ण, चतुर्भुज, पीताम्बर तथा शंख-चक्र-गदा-खड्गधारी श्रीमान् कृष्ण भगवान गरुड़वाहनपर आरूढ़ होकर वहाँ पहुँचे ॥१६॥ उस समय उनके गलेमें वनमाला, वक्षःस्थलपर श्रीवत्स हार, मस्तकपर किरीट, शरीरमें सूर्यसदृश प्रभा तथा मुखपर विद्युतयुक्त चन्द्रमा जैसी कान्ति खेल रही थी ॥ १७ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने अपने धनुषकी प्रत्यञ्चाका टंकोर किया। वज्रपातसदृश घोर टंकोरकी वह ध्वनि उन दानवोंको सुनायी पड़ी। उसे सुनकर दानवोंने समझ लिया कि स्वयं विष्णुभगवानका यहाँ आ गये हैं ॥१८॥ इसी समय कालान्तक सदृश निकराल मुरु दैत्य क्रोधसे आँखें लाल किये और हाथमें शक्ति लिये हुए बड़े वेगसे दौड़ा ॥१९॥

वायुः प्रतिलोमं ववौ तदा ॥ ततो भीमरवैर्मेघैर्वभ्रमुर्गगनेचराः ॥ १३ ॥ क्षणेन समनुप्राप्तौ द्विजेनाकाशगेन च ॥ दूरादेव च तान्दृष्ट्वा प्रययौ यत्र ते स्थिताः ॥ १४ ॥ अपश्यद्द्वारि तत्रस्थां हस्त्यश्वरथवाहिनीम् ॥ क्षुरान्तान्मौरवान्पाशान्षट्सहस्रान्ददर्श ह ॥ १५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ गरुडस्योपरि श्रीमाञ्छङ्खचक्रगदाधरः ॥ बिभ्रन्नीलाम्बुदाकारं पीतवासाश्चतुर्भुजः ॥ १६ ॥ वनमालाकुलोरस्कः श्रीवत्साङ्कितभूषणः ॥ किरीटमूर्द्धा सूर्याभः सविद्युदिव चन्द्रमाः ॥ १७ ॥ ज्यां विकूजन्महाशब्दः श्रूयतेऽशनिनिःस्वनः ॥ ज्ञात्वा च दानवः सर्वं स्वयं विष्णुरिहागतः ॥ १८ ॥ क्रोधाद्द्विगुणरक्ताक्षो मुरुः कालान्तकोपमः ॥ अभ्यधावत वेगेन शक्तिं गृह्य महासुरः ॥ १९ ॥ चिक्षेप सुमहाशक्तिं वज्रकाञ्चनभूषिताम् ॥ तामापतन्तीं शक्तिं तु महोल्कां ज्वलितामिव ॥ २० ॥ समाधत्त शरं चैकं रुक्मपुङ्खं जनार्दनः ॥ द्विधाऽच्छिनत्क्षुरप्रेण वासुदेवः स वीर्यवान् ॥ २१ ॥ शक्तिं चिच्छेद तत्रासौ विद्युत्पुञ्ज इव ज्वलन् ॥ पुनश्च क्रोधरक्ताक्षो मुरुर्गृह्य महागदाम् ॥ २२ ॥ इन्द्राशनिरिवेन्द्रेण विकृष्ट इव निःस्वनः ॥ आकर्णमुक्तं चिक्षेप अर्धचन्द्रं सुरोत्तमः ॥ २३ ॥ मध्यदेशे तु चिच्छेद गदां तां रुक्मभूषिताम् ॥ पुनश्चिच्छेद भल्लेन दानवस्य शिरो रणे ॥ २४ ॥ संछिद्य पाशान्सर्वांस्तान्मुरुं हत्वा सबान्धवम् ॥ सोऽग्रयान्रक्षोगणान्हत्वा नरकस्य महाबलान् ॥ २५ ॥ शिलासंघानतिक्रम्य भगवा-

भगवानके समक्ष पहुँचकर उसने उनपर अपनी स्वर्णमयी तथा हीरकजटित शक्तिसे प्रहार किया। प्रज्वलित उल्काके समान बड़े वेगसे अपनी ओर आती हुई उस शक्तिको देखकर भगवानने अपने स्वर्णपुंखमय एक क्षुरप्र बाणसे काटकर उसके दो टुकड़े कर दिये ॥ २० ॥ २१ ॥ शक्तिको द्विधा खण्डित देखकर दैत्यवर मुरुने क्रोधसे विद्युत्पुञ्जकी तरह प्रज्वलित हो और लाल नेत्र करके भगवानपर गदाका विक्षेप किया। विक्षिप्त होते ही उस गदासे इन्द्रविसृष्ट वज्रके समान घोर शब्द हुआ। किन्तु भगावान कृष्णने कानतक खिंचा हुआ एक अर्धचन्द्र बाण छोड़कर रास्तेहीमें वह स्वर्णविभूषित गदा काट डाली। इसके बाद उन्होंने एक भल्लास्त्रके द्वारा मुरुदैत्यका मस्तक काटकर धड़से अलग कर दिया ॥२२–२४॥ तदनन्तर मुरुनिर्मित पाशोंको काटकर उसके पुत्र तथा नरकासुरके जितने भी वीर और पराक्रमी प्रधान-प्रधान राक्षस सैनिक वहाँ विद्यमान थे, उन सबको उन्होंने नष्ट कर दिया ॥ २५ ॥ बादमें उस पर्वतको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लाँघते ही भगवानने दानवोंकी विशाल सेना तथा बलवान् निसुन्द, हयग्रीव और अन्यान्य वीर दैत्योंको उपस्थित देखा । उसी समय महाबली निसुन्द रथपर सवार होकर अपनी सेनाके साथ आगे बढ़ा और भगवानका मार्ग अवरुद्ध करके स्वर्णपृष्ठमय दिव्य धनुष लेकर एक साथ दस बाणोंसे कृष्णपर प्रहार कर दिया । भगवान कृष्णने अपने सत्तर बाणोंसे उसके बाणोंको रास्तेमें ही काटकर छिन्न-भिन्न कर दिया । तब उन सब दैत्योंने भगवानको चारों ओरसे घेर लिया ॥२६–३०॥ मार्ग अवरुद्ध करके उसने उनपर बाणवर्षा आरम्भ कर दी । उन्हें देखकर भगवानने बहुत क्रुद्ध होकर दिव्य मेघास्त्रकी अवतारणा की । उस शस्त्रसे अनवरत बाणवर्षा आरम्भ हो गयी और उस सेनाके प्रत्येक सैनिकके शरीरमें पाँच-पाँच बाण घुसकर मर्मान्तक वेदना प्रदान करने लगे ॥ ३१–३३ ॥ इससे वे दानव अत्यन्त भयभीत हो रणमें पीठ दिखाकर भागने लगे । अपनी सेनाको भागती देखकर निसुन्द स्वयं समरांगणमें जा पहुँचा और

न्देवकीसुतः ॥ अपश्यद्दानवं सैन्यं निसुन्दं च महाबलम् ॥ २६ ॥ हयग्रीवं च दितिजं तथाऽन्यांश्चित्रयोधिनः ॥ रोधयामास तन्मार्गं स्वसैन्येन महाबलः ॥ २७ ॥ निसुन्दो बलिनां श्रेष्ठो रथमारुह्य सत्वरम् ॥ जग्राह कार्मुकं दिव्यं हेमपृष्ठं दुरासदम् ॥ २८ ॥ विव्याध दशभिर्बाणैर्निसुन्दो मधुसूदनम् ॥ केशवश्चापि सप्तत्या विव्याध निशितैः शरैः ॥ २९ ॥ अप्राप्तांश्चान्तरिक्षे ताञ्छरांश्चिच्छेद माधवः ॥ ते सर्वे सैनिकाः कृष्णं समन्तात्पर्यवारयन् ॥ ३० ॥ शरजालेन महता छाद्यमानः सुरोत्तमः ॥ दृष्ट्वा तान्दानवान्सर्वान्सक्रोधो मधुसूदनः ॥ ३१ ॥ ततो दिव्येन चास्त्रेण पार्जन्येन जनार्दनः ॥ महता शरवर्षेण वारयामास तद्बलम् ॥ ३२ ॥ पञ्चपञ्चशरैस्तेषु एकैकेन च तान्बहून् ॥ पार्जन्यस्य प्रभावेण सर्वान्मर्मस्व-ताडयत् ॥ ३३ ॥ दुद्रुवुर्भयसंत्रस्ता समास्त दानवा रणे ॥ स्वसैन्यं विद्रुतं दृष्ट्वा निश्चक्राम पुनर्मृधे ॥ ३४ ॥ विसृजञ्छरवर्षाणि छादयामास केशवम् ॥ न विभाति रणे सूर्यो नापि व्योम दिशो दश ॥ ३५ ॥ शरैः संछादयामास निसुन्दो गरुडध्वजम् ॥ सावित्रं नाम दिव्यास्त्रं जग्राह पुरुषोत्तमः ॥ ३६॥ तेन बाणेन तान्बाणांश्चिच्छेद समरे हरिः ॥ बाणैर्बाणांश्च संच्छिद्य तस्य कृष्णो महाबलः ॥३७॥ छत्रमेकेन बाणेन रथांश्चैव त्रिभिः शरैः ॥ पुनश्चिच्छेद तानश्वाँश्चतुर्भिश्चतुरः शरैः ॥ ३८ ॥ सारथिं पञ्चभिर्बाणैर्ध्वजमेकेन चिच्छिदे ॥ शरेकेन पुनः कृष्णः सुतीक्ष्णेन शितेन वै ॥ ३९ ॥ शिरश्चिच्छेद भल्लेन निसुन्दस्य सुरोत्तमः ॥ यः सहस्रं समास्त्वेकः सर्वान्देवानयोधयत् ॥ ४० ॥ निसुन्दं पतितं दृष्ट्वा हयग्रीवः

पहुँचते ही उसने अपनी विकराल बाणवर्षासे भगवानको ढाँक दिया । उस समय संग्रामभूमिमें सूर्य, आकाश तथा दसों दिशायें कुछ भी नहीं दीखती थीं । तब भी वह भगवानपर बाणोंकी झड़ी लगाये हुए था । ऐसी परिस्थितिमें भगवानने सावित्र नामके दिव्य अस्त्रको हाथमें लिया ॥३४–३६॥ उस सूर्यास्त्ररूपी बाणसे उन्होंने उस दानवके सभी बाणोंको व्यर्थ कर दिया । तदनन्तर उन्होंने एक बाणसे निसुन्दके छत्र और तीन बाणोंसे उसके चारों घोड़ोंको समाप्त कर दिया ॥३७॥३८॥ फिर पाँच बाणोंसे उसके सारथी तथा एक बाणसे ध्वजा काटकर अन्तमें एक सुतीक्ष्ण भल्लास्त्रसे उस निसुन्दका मस्तक काटकर गिरा दिया, जिस वीरने अकेले ही हजार वर्षोंतक सब देवताओंका लड़ाया था ॥ ३९ ॥ ४० ॥ इस प्रकार निसुन्दको मृत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखकर परम प्रतापी हयग्रीवने पर्वतके समान विशाल एक शिलाखण्ड उठाया और पूर्णशक्तिके साथ उसे भगवान कृष्णपर फेंका। उस समय अस्त्रविशारद श्रीकृष्णने दिव्य पर्जन्यास्त्रका प्रयोग करके उस विशालखण्डको काटकर सात टुकड़ोंमें विभक्त कर दिया, जिससे वह व्यर्थ होकर भूतलपर गिर पड़ा ॥ ४१–४३ ॥ तदनन्तर भगवानके शार्ङ्ग धनुपसे नाना प्रकारके भयंकर बाणोंकी वर्षा होने लगी। धीरे-धीरे वह युद्ध पूर्वकालके देवासुरसंग्रामके समान भीषण हो उठा ॥ ४४ ॥ भगवान गरुड़पर बैठे ही बैठे अपने धनुपसे बाणोंकी वर्षा करते हुए उन महान् असुरोंका संहार करने लगे ॥ ४५ ॥ कुछ दैत्य भगवानके महालांगल, बाण तथा कुछ असुर खड्गप्रहारसे मर-मरकर धराशायी होने लगे ॥ ४६ ॥ कुछ दैत्य भगवानके चक्राग्निमें जलकर आकाशसे नीचे आ गिरे, कुछ उनकी गदाके प्रहारसे निहत होकर उनके सम्मुख गिरे और कुछ साहसी दानव धारावर्षी मेघके समान उनपर अपने विशाल बाणोंकी वर्षा करने लगे।

प्रतापवान् ॥ शिलां प्रगृह्य महतीं तोलयामास दानवः ॥ ४१ ॥ आविध्य सहसाऽमुञ्चच्छिलां शैलसमां प्रभुः ॥ गृहीत्वा दिव्यपार्जन्यमस्त्रमस्त्रविदांवरः ॥ ४२ ॥ दिव्यास्त्रेण शिलां विष्णुः सप्तधाऽकृत तेजसा ॥ तद्विदार्य महच्चाश्म पातयामास भूतले ॥ ४३ ॥ ततस्तैः शार्ङ्गनिर्मुक्तैर्नानावर्णैर्महाशरैः ॥ यथा देवासुरं युद्धमभवद्भरतर्षभ ॥ नानाप्रहरणाकीर्णं तथा घोरमवर्तत ॥ ४४ ॥ ततः शार्ङ्गविनिर्मुक्तैर्नानावर्णैर्महाशरैः ॥ गरुडस्थो महाबाहुर्निजघान महासुरान् ॥ ४५ ॥ महालाङ्गलनिर्भिन्नाः शंखशक्तिनिपातिताः ॥ विनेशुर्दानवाः सर्वे समासाद्य जनार्दनम् ॥ ४६ ॥ केचिच्चक्राग्निनिर्दग्धा दानवाः पेतुरम्बरात् ॥ सन्निकर्षगताः केचिद्गतासुविकृताननाः ॥ ४७ ॥ असृजञ्छरवर्षाणि वृष्टिमन्त इवाम्बुदाः ॥ विकृताङ्गासुराः सर्वे कृष्णबाणप्रपीडिताः ॥ ४८ ॥ शोणिताक्ताः स्म दृश्यन्ते पुष्पिता इव किंशुकाः ॥ व्यद्रवन्त सुवित्रस्ता भग्नास्त्राश्चित्रयोधिनः ॥ ४९ ॥ पुनश्च क्रोधरक्ताक्षो वायुवेगेन दानवः ॥ दशव्यामोच्छ्रितं वृक्षं समारुह्य वनस्पतिम् ॥ ५० ॥ वृक्षमुत्पाट्य वेगेन प्रतिगृह्याभ्यधावत ॥ चिक्षेप स महावृक्षं शिक्षया सुघनाकृतिः ॥ ५१ ॥ वृक्षवेगानिलोद्भूतः शुश्रुवे सुमहास्वनः ॥ ततः शरसहस्रेण यतमानो जनार्दनः ॥ ५२ ॥ नैकधा तं प्रचिच्छेद चित्रभक्तिनिभाकृतिम् ॥ पुनश्चैकेन बाणेन हयग्रीवस्य चोरसि ॥ ५३ ॥ विव्याध स्तनयोर्मध्ये सायको ज्वलनप्रभः ॥ विवेश सोऽतिवेगेन हृदि भित्त्वा विनिर्गतः ॥ ५४ ॥ तं जघान महाघोरं हयग्रीवं महाबलम् ॥ अपारतेजा दुर्द्धर्षः स वै यादवनन्दनः ॥ ५५ ॥ मध्ये

उधर भगवानके बाणोंसे दानवोंके शरीर छिन्न-भिन्न हो गये और रुधिरमें सराबोर होनेके कारण वे शरीर पुष्पित पलाश सदृश दीख रहे थे। उस समय वे विचित्रयोधी दानवगण भग्नास्त्र होकर चारों ओर भागने लगे ॥४७–४९॥ हे महाराज! दानवोंको भागते देखकर क्रोधवश हयग्रीवके दोनों नेत्र लाल हो गये और उसने दस व्याम ऊँचा एक वृक्ष उखाड़ लिया और बड़े वेगसे भगवानकी ओर दौड़ा। समीप पहुँचकर अपनी शिक्षाके बलसे वह वृक्ष उनके ऊपर पटक दिया ॥ ५० ॥ ५१ ॥ घोरतर शब्द करता हुआ वह वृक्ष जब भगवानके निकट पहुँचा, तब बड़ी शीघ्रताके साथ उन्होंने एक सहस्र बाण छोड़कर पट्टपर लिखित चित्रके समान उस वृक्षके हजारों टुकड़े करके छिन्न-भिन्न कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक बाण हयग्रीवके वक्षस्थलमें मारा ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ भगवानके धनुपसे छूटकर अग्निसदृश देदीप्यमान वह बाण हयग्रीवका हृदय विदीर्ण करके बड़े वेगसे साथ बाहर निकल गया ॥ ५४ ॥ इस प्रकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यादवोंको आनन्द देनेवाले भगवान कृष्णने उस अपरिमित पराक्रमी हयग्रीवको मारकर धराशायी कर दिया ॥ ५५ ॥ तदनन्तर भगवान लोहितगङ्ग-प्रदेशमें पापी विकटाक्ष तथा वहाँ उपस्थित आठ हजार दानवोंका वध करके पापी पंचजन तथा अन्यान्य महान् असुरोंको मारकर नरकासुरके श्रीसमन्वित प्राग्ज्योपितपुरमें जा पहुँचे ॥ ५६-५८ ॥ वहाँ पहुँचते ही भयानक युद्ध आरम्भ हो गया। तब भगवान कृष्णने अपना पांचजन्य शंख बजाया ॥ ५९ ॥ संवर्तनामके प्रलयकालीन मेघगर्जन सदृश भीषण वह शंखध्वनि सारी त्रिलोकीमें व्याप्त हो गयी। उस शब्दको नरकासुरने भी सुना और सुनते ही मारे क्रोधके उसकी आँखें लाल हो गयीं ॥ ६० ॥ तत्काल नरकासुर बारह सौ हाथ विस्तृत तथा आठ लौहमय पहियोंवाले रथपर सवार हो गया। वह रथ विविध रत्नों तथा कंचननिर्मित चित्रोंसे परिपूर्ण था। उसमें चारों ओर बैठनेके लिए वेदियाँ बनी हुई थीं ॥६१॥ उस रथकी ध्वजा हीरकमयी थी, केवल बीच-बीचमें सुवर्ण लगा हुआ था। उसकी पताकायें स्वर्णदण्डके ऊपर फहरा रही थीं और उसका कूबर वैदूर्यमणिका बना हुआ था ॥ ६२ ॥ उस रथका सब अङ्ग लोहेकी चादरसे ढँका हुआ

लोहितगङ्गस्य भगवान्देवकीसुतः ॥ औदकायां विरूपाक्षं पाप्मानं पुरुषोत्तमः ॥ ५६ ॥ अष्टौ शतसहस्राणि दानवानां परन्तप ॥ निहत्य पुरुषव्याघ्रः प्राग्ज्योतिषमुपाद्रवत् ॥ ५७ ॥ हत्वा पञ्चनदं नाम नरकस्य महासुरम् ॥ ततः प्राग्ज्योतिषं नाम दीप्यमानमिव श्रिया ॥ ५८ ॥ पुरमासादयामास युद्धं तत्राभवन्महत् ॥ ततः प्रध्मापयच्छङ्खं पाञ्चजन्यं महाबलः ॥५९॥ शुश्रुवे सुमहाशब्दः संवर्तनिनदो यथा ॥ श्रूयते त्रिषु लोकेषु भीमगम्भीरनिःस्वनः ॥ तं श्रुत्वा नरकश्चासीत्क्रोधसंरक्तलोचनः ॥ ६० ॥ लोहचक्राष्टसंयुक्तं त्रिनल्वप्रतिमं रथम् ॥ रत्नकाञ्चनचित्राढ्यं वेदिकाभोगविस्तरम् ॥ ६१ ॥ वज्रध्वजेन महता काञ्चनेन विराजितम् ॥ हेमदण्डपताकाढ्यं वैदूर्यमणिकूवरम् ॥ ६२ ॥ युक्तमश्वसहस्रेण रथं पररथारुजम् ॥ लोहजालैश्च संछन्नं चित्रभक्तिविराजितम् ॥ ६३ ॥ रथमध्यगतो वीरः ससंध्य इव भास्करः ॥ नानाप्रहरणाकीर्णं रथं हेमपरिष्कृतम् ॥ ६४ ॥ वज्रं रथोरच्छदमिन्दुवर्णं व्यानद्धमुक्तानलतुल्यतेजाः ॥ किरीटमूर्द्धार्कहुताशनाभः कर्णौ तथा कुण्डलयोर्ज्वलन्तौ ॥ ६५ ॥ धूम्रवर्णा महाकाया रक्ताक्षा विकृताननाः ॥ नानाकवचिनः सर्वे दैत्यदानवराक्षसाः ॥ ६६ ॥ खड्गचर्मधराः केचित्केचित्तूणधनुर्भृतः ॥ शक्तिहस्तास्तथा केचिच्छूलहस्तास्तथाऽपरे ॥ ६७ ॥ गजवाजिरथौघैश्च कालयन्तश्च मेदिनीम् ॥ निर्ययुर्नगरात्सर्वे सुसन्नद्धाः प्रहारिणः ॥ ६८ ॥ वृतो दैत्यगणैः

था और उसमें विविध प्रकारके चित्र बने हुए थे। उसमें हजार घोड़े जुते थे और वह रथ अपनी टक्करसे ही शत्रुके रथोंको चूर्ण कर देता था ॥६३॥ वीरवर नरकासुर उस स्वर्णसमलंकृत तथा विविध शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण रथपर सवार होकर सन्ध्याकालीन सूर्यके समान शोभित हुआ ॥ ६४ ॥ नरकासुरके शरीरका चर्म वज्रकी तरह कठोर था। उसके शरीरका तेज एक स्थान पर निबद्ध उल्काग्निके सदृश दीख रहा था। उसके मस्तकपर किरीट और कानोंमें देदीप्यमान कुण्डल विराजमान थे। उसकी दीप्ति आहुति पाये हुए अग्नि तथा सूर्यके समान जगमगाती थी ॥ ६५ ॥ उसके साथ धूम्रवर्ण, बृहदाकार, रक्तनेत्र, विकटानन, नानाविध चर्मधारी दैत्य, दानव और राक्षसगण सुसज्जित हो गये ॥ ६६ ॥ उनमेंसे कुछ ढाल-तलवार लिये हुए थे, कुछ अपनी पीठपर तरकस बाँधे हुए थे, किसी-किसीके हाथमें धनुष तथा शक्ति थी और कितने शूल लिये हुए थे ॥ ६७ ॥ इस प्रकार विविध शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित वे वीर जब हाथियों,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घोड़ों और रथोंके साथ नगरसे बाहर निकले तो पृथिवी काँपने लगी ॥६८॥ कालान्तक सदृश विकटाकार नरकासुर दैत्यगणोंसे परिवेष्टित होकर जब चला तो एक साथ हजारों भेरी, शंख, मृदङ्ग और पणव आदि बजने लगे ॥ ६९ ॥ मेघगर्जनके समान उस वाद्यध्वनिको नरकासुरने भी सुना। तदनन्तर दैत्यगण चारों ओरसे आ-आकर कृष्णभगवानके सम्मुख उपस्थित हुए और उन्हें चारों ओरसे घेरकर लड़ने लगे। उन सैनिकोंने अपनी विकराल बाणवर्षासे भगवानको ढाँक दिया ॥७०॥७१॥ उनके द्वारा निक्षिप्त शक्ति, गदा, प्रास तथा तोमर आदि शस्त्रोंसे समस्त आकाशमण्डल आच्छादित हो गया ॥ ७२ ॥ इसी समय नीलजलधरसम श्यामवर्ण श्रीकृष्णभगवानने अपना मेघके समान गर्जन करनेवाला शार्ङ्ग धनुष सम्हाला और उसका रोदा चढ़ाकर दानवोंके ऊपर बाणवर्षा करने लगे। कुछ ही क्षणमें उनकी बाणवृष्टिसे व्याकुल होकर दानवी सेना रणभूमिसे भागने लगी ॥ ७३ ॥ ७४ ॥ इस प्रकार वह युद्ध बड़ा भयानक हो उठा। श्रीकृष्णके बाणोंसे दैत्यगण नितान्त निपीड़ित हो गये और उनका व्यूह भंग हो गया ॥ ७५ ॥ उनमेंसे किसीके हाथ, किसीकी गर्दन, किसीका मस्तक और किसी-किसीका

सार्द्धं नरकः कालसंनिभः ॥ भेरीशङ्खमृदङ्गानां पणवानां सहस्रशः ॥ ६९ ॥ वाद्यमानानि शुश्राव जीमूतनिनदोपमः ॥ यतः कृष्णस्ततो गत्वा
सर्वे ते विकृताननाः ॥ ७० ॥ परिवार्य गरुत्मन्तं सर्वेऽयुध्यन्त संगताः ॥ महता छादयामासुः शरवर्षेण सैनिकाः ॥ ७१ ॥ शक्तिशूलगदा-
प्रासांस्तोमरान्सायकान्बहून् ॥ आकाशं छादयामासुर्विमुञ्चन्तः सहस्रशः ॥ ७२ ॥ कृष्णः कृष्णोऽम्बुदाकारः शार्ङ्गं गृह्य धनुस्ततः ॥ विस्फार्य सुम-
हचापं धनुर्जलदनिःस्वनम् ॥ ७३ ॥ व्यसृजच्छरवर्षाणि दानवानां जनार्दनः ॥ शरवर्षेण तत्सैन्यं व्यद्रवत्तु महाहवात् ॥ ७४ ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं
घोररूपेण रक्षसा ॥ भग्नव्यूहाश्च ते सर्वे कृष्णबाणप्रपीडिताः ॥ ७५ ॥ केचिच्छिन्नभुजाश्चैव छिन्नग्रीवाशिराननाः ॥ केचिच्चक्रद्विधाछिन्नाः
केचिद्बाणार्दितोरसः ॥ ७६ ॥ केचिद्द्विधाकृताः शक्त्या गजाश्वरथवाहनाः ॥ केचित्कौमोदकीभिन्नाः केचिच्चक्रविदारिताः ॥ ७७ ॥ एवं विम-
थिता सर्वा नराश्वरथवाहिनी ॥ तत्रासीन्नरकेणास्य युद्धं परमदारुणम् ॥ ७८ ॥ यत्समासेन वक्ष्यामि तन्मे निगदतः शृणु ॥ त्रासनः सुरसङ्घानां
नरकः पुरुषोत्तमम् ॥ ७९ ॥ योधयामास तेजस्वी मधुवन्मधुसूदनम् ॥ क्रोधरक्तान्तनयनो नरको घनसंनिभः ॥ ८० ॥ जग्राह कार्मुकं वीरः
शक्रचापमिवोच्छ्रितम् ॥ तथाऽर्ककिरणप्रख्यं बाणं जग्राह केशवः ॥ ८१ ॥ दिव्येनास्त्रेण समरे पूरयामास तं रथम् ॥ उत्तमास्त्रं महापातं

मुख छिन्न-भिन्न हो गया। कुछ दैत्य भगवानके चक्रसे कटकर दो टुकड़े हो गये और कुछकी छाती उनके बाणोंसे छलनी हो गयी ॥ ७६ ॥ कुछ दैत्य भगवानके शक्तिअस्त्रसे हाथी, घोड़े तथा रथ समेत दो टुकड़े हो गये। कुछ दैत्योंका शरीर कौमोदकी गदाके आघातसे चूर्ण हो गया ॥ ७७ ॥ इस प्रकार जब हाथियों, घोड़ों तथा रथोंसे पूर्ण दानवी सेना छिन्न-भिन्न हो गयी। तब भगवानका नरकासुरके साथ भयानक युद्ध होने लगा ॥ ७८ ॥ हे महाराज! अब मैं नरकासुरके संग्रामका संक्षिप्त वृत्तान्त बताता हूँ, सुनिए—पूर्वकालमें जिस तरह मधु दैत्यके साथ भीषण युद्ध हुआ था। उसी प्रकार इस समय देवताओंको भयभीत करनेवाले नरकासुरके साथ भी भगवानका तुमुल युद्ध आरम्भ हो गया। अतिशय पराक्रमी, रक्तनेत्र तथा कालान्तकके समान भयानक नरकासुरने इन्द्रधनुष सदृश विशाल एक धनुष हाथमें लिया। इधर भगवान वासुदेवने सूर्यके समान तेजस्वी एक बाण लेकर उसी दिव्यास्त्रसे दैत्यवर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नरकासुरका रथ परिपूरित कर दिया। उसी समय उग्र बलवान् दैत्यने एक अत्यन्त उत्कृष्ट शस्त्रको अपनी पूर्ण शक्तिसे भगवानपर चलाया ॥ ७९-८२ ॥ भगवान कृष्णने वज्रपात सदृश भीषण शब्द करनेवाले उस शस्त्रको अपने ऊपर आते देखकर सुदर्शन चक्रसे काटकर विफल कर दिया ॥ ८३ ॥ तदनन्तर उन्होंने अपने एक बाणसे उसके सारथी तथा दस बाणोंसे रथ, रथकी ध्वजा और सब घोड़ोंको काटकर धराशायी कर दिया ॥ ८४ ॥ उस समय वह दानव अपने कवच तककी रक्षा नहीं कर सका। शरीरसे कवच अलग हो जानेपर वह दैत्य केंचुल छोड़े हुए सर्पके समान शोभित हुआ ॥ ८५ ॥ अश्व, रथ, सारथी तथा कवचसे हीन होकर उस दैत्यने इन्द्रवज्र सदृश भारी और सुदृढ़ एक शूल लेकर पूर्णबलके साथ भगवानपर चलाया। उस स्वर्णमय शूलको अपने ऊपर आते देखकर भगवानने एक क्षुरप्र अस्त्रसे बीच ही में काटकर दो खण्ड कर दिया। इस प्रकार उस घोररूपधारी असुरके साथ कुछ देर भगवानका बड़ा भयंकर युद्ध हुआ ॥ ८६–८९ ॥ तदनन्तर भगवानने अपना प्रदीप्त चक्र हाथमें लिया, उससे प्रहार करते ही नरकासुरका शरीर दो खण्डोंमें विभक्त होकर धराशायी हो गया

मुमोच नरको बली ॥ ८२ ॥ वज्रविस्फूर्जिताकारमायान्तं वीक्ष्य केशवः ॥ चिच्छेदास्त्रं महाभागश्चक्रेण मधुसूदनः ॥ ८३ ॥ व्यहनत्स रथं चास्य शरैकेण जनार्दनः ॥ सरथं सध्वजं साश्वं जघान दशभिः शरैः ॥ ८४ ॥ तनुत्रं चैव चिच्छेद शरणे मधुसूदनः ॥ ततो विमुक्तकवचः सर्पस्येव तनुर्यथा ॥ ८५ ॥ हताश्वो विरथो वीरो वितनुत्रश्च दानवः ॥ जग्राह विमलज्वालं लोहभारार्पितं दृढम् ॥ ८६ ॥ आविध्य सहसा मुक्तं शूलमिन्द्राशनिप्रभम् ॥ तदापतत्स संप्रेक्ष्य शूलं हेमपरिष्कृतम् ॥ ८७ ॥ द्विधा छिन्नं क्षुरप्रेण कृष्णेनाद्भुतकर्मणा ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं घोररूपेण रक्षसा ॥८८॥ शस्त्रपातमहाघातं नरकेण महात्मना ॥ मुहूर्तं योधयामास नरकं मधुसूदनः ॥ ८९ ॥ अथोग्रचक्रश्चक्रेणे प्रदीप्तेनाकरोद्द्विधा ॥ चक्रद्विधाकृतं तस्य शरीरमपतद्भुवि ॥ ९० ॥ विभक्तं कुलिशेनैव गिरेः शृङ्गं द्विधा कृतम् ॥ कृष्णमासाद्य देवेशं जगामास्तमिवांशुमान् ॥ ९१ ॥ चक्रोत्कृन्तितगात्रोऽसौ दानवः पतितो रणे ॥ वज्रप्रहारनिर्भिन्नं यथा गैरिकपर्वतम् ॥ ९२ ॥ भूमिस्तु पतितं पुत्रं निरीक्ष्यादाय कुण्डले ॥ उपातिष्ठत गोविन्दं वचनं चेदमब्रवीत् ॥ ९३ ॥ दत्तस्त्वयैव गोविन्द त्वयैव विनिपातितः ॥ यथेच्छसि तथा क्रीड बालः क्रीडनकैरिव ॥९४॥ उपानिन्युस्तस्तानि रत्नान्यन्तःपुराणि च ॥ इमे ते कुण्डले देव प्रजास्तस्यानुपालय ॥९५॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि नरकवधे पञ्चषष्टितमोऽध्यायः ॥६५॥

॥ ९० ॥ उस समय उसे देखकर ऐसा लगा कि मानों कोई पर्वत आरेसे चीरकर दो टुकड़े कर डाला गया हो अथवा ऐसा ज्ञात हुआ कि जैसे सूर्यदेव श्रीकृष्णके पास पहुँचकर अस्त हो गये हों अथवा कोई गेरूका पर्वत इन्द्रके वज्रसे विदीर्ण होकर धरतीपर लोट गया हो ॥ ९१ ॥ ९२ ॥ इसी समय पृथिवी अपने पुत्रको मृत देख मूर्तिमती होकर हाथमें कुण्डल लिये भगवानके पास गयी और कहने लगी—॥९३॥ हे गोविन्द ! आपने ही मुझे पुत्र दिया था और इस समय आपने ही उसे ले लिया। जैसे बालक खिलौनेके साथ खेलता है, उसी प्रकार आप भी संसारी प्राणीरूपी खिलौनोंके साथ जब जैसा खेल खेलना चाहते हैं, वैसा खेलते हैं ॥९४॥ इस समय उसके सभी रत्न, अन्तःपुरकी स्त्रियें और ये दो कुण्डल आप स्वीकार करें और उसके प्रजावर्गकी रक्षा करें ॥ ९५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(स्वर्गसे पारिजातहरणका वृत्तान्त) वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! इन्द्रके समान पराक्रमी श्रीकृष्णभगवान भूमिपुत्र नरकासुरका वध करके उसके भवनमें प्रविष्ट हुए ॥१॥ सर्वप्रथम वे उसके कोषागारमें गये और देखा कि उसका अक्षय भण्डार विविध धन-रत्नसे परिपूर्ण है ॥ २ ॥ वहाँ मुक्ता, प्रवाल, वैदूर्य, मरकत, चन्द्रकान्त, सूर्यकान्त आदि मणि तथा हीरक मणियोंका ढेर लगा हुआ था ॥३॥ वहाँपर बहुमूल्य शय्यायें और सुवर्णमय सिंहासन बिछे हुए थे । उनकी दीप्ति प्रज्वलित अग्नि और चन्द्रमाकी किरणों जैसी थी । उसके छत्रका दण्ड सुवर्णमय, चन्द्रकिरण सदृश चमकीला और बड़ा ही सुन्दर था । छत्र बरसते हुए मेघके समान था । उस छत्रके चारों ओर विशुद्ध सुवर्णमयी लड़ियोंकी झालरें लगी हुई थीं ॥४–६॥ हे महाराज ! मैंने सुना है कि पूर्वकालमें नरकासुर वह छत्र वरुणदेवके यहाँसे ले आया था। भगवान कृष्णने नरकासुरके कोषागारमें जितना धन देखा, उतना धन कुवेर, इन्द्र तथा

वैशम्पायन उवाच ॥ निहत्य नरकं भौमं वासवोपमविक्रमम् ॥ वासवावरजो विष्णुर्ददर्श नरकालयम् ॥ १ ॥ अथार्थगृहमासाद्य नरकस्य जनार्दनः ॥ ददर्श धनमक्षय्यं रत्नानि विविधानि च ॥ २ ॥ मणिमुक्ताप्रवालानि वैदूर्यस्य च संचयान् ॥ मासारगल्वकूटानि तथा वज्रस्य संचयान् ॥ ३ ॥ जाम्बूनदमयान्यस्य शातकुम्भमयानि च ॥ प्रदीप्तज्वलनाभानि शीतरश्मिनिभानि च ॥ ४ ॥ शयनानि महार्हाणि तथा सिंहासनानि च ॥ हिरण्यदण्डरुचिरं शीतरश्मिसमप्रभम् ॥ ५ ॥ ददर्श तन्महच्छत्रं वर्षमाणमिवाम्बुदम् ॥ जातरूपस्य शुभ्रस्य धाराः शतसहस्रशः ॥ ६ ॥ वरुणादाहृतं पूर्वं नरकेणेति नः श्रुतम् ॥ यावद्रत्नं गृहे दृष्टं नरकस्य धनं बहु ॥ ७ ॥ नैव राज्ञः कुबेरस्य न शक्रस्य यमस्य च ॥ रत्नसंनिचयस्तादृग्दृष्टपूर्वो न च श्रुतः ॥ ८ ॥ हते भौमे निसुन्दे च हयग्रीवे च दानवे ॥ उपानिन्युस्ततस्तानि रत्नान्यन्तःपुराणि च ॥ ९ ॥ दानवा हतशिष्टा ये कोशसंचयरक्षिणः ॥ केशवाय महार्हाणि यान्यर्हैति जनार्दनः ॥ १० ॥ दैत्या ऊचुः ॥ इमानि मणिरत्नानि विविधानि बहूनि च ॥ भीमरूपाश्च मातङ्गाः प्रवालविकृताङ्कुशाः ॥११॥ हेमसूत्रा महाकक्षाश्चापतोमरशालिनः ॥ रुचिराभिः पताकाभिः शबला रुचिरांकुशाः ॥१२॥ ते च विंशतिसाहस्रा द्विस्तावत्यः करेणवः ॥ अष्टादश सहस्राणि देशजाश्चोत्तमा हयाः ॥ १३ ॥ गोषु चापि भवेत्कामो यावत्तव जनार्दन ॥ तावतीः प्रापयिष्यामो वृष्ण्यन्धकनिवेशनम् ॥ १४ ॥ आविकानि च सूक्ष्माणि शयनान्यासनानि च ॥ कामव्याहारिणश्चैव पक्षिणः प्रियदर्शनाः ॥ १५ ॥ चन्दनागरुकाष्ठानि तथा कालीयकान्यपि ॥ वसु यत्त्रिषु लोकेषु धर्मेणाधिगतं तव ॥ १६ ॥ प्रापयिष्याम तत्सर्वं वृष्ण्यन्धकनिवेशनम् ॥ देवग-

यम किसीके यहाँ नहीं देखा और न सुना ही था ॥७॥८॥ भूमिपुत्र नरकासुर, निसुन्द और हयग्रीवके मर जानेपर मरनेसे बचे हुए कोषागारके रक्षक दानवोंने समस्त कोष एवं अन्तःपुर श्रीकृष्णभगवानको सौंप दिया ॥ ९ ॥ १० ॥ दैत्य बोले—हे प्रभो ! ये विविध प्रकारके धन-रत्न तथा स्वर्णमयी शृङ्खला, धनुष, तोमर, मनोहर पताका, विविध आस्तरणयुक्त तथा बाल्यकालसे सुशिक्षित भयंकर बीस सहस्र हाथी, बाईस सहस्र हथिनियाँ, आठ लाख घोड़े, आप जितनी चाहें उतनी गौवें, अत्यन्त महीन ऊनी वस्त्र, शय्या, आसन, स्वेच्छाविहारी सुन्दर पक्षी, चन्दनकाष्ठ, अगुरुकाष्ठ, कुमकुम एवं सारी त्रिलोकीके रत्न आदि जितनी वस्तुयें धर्मानुसार आपको यहाँ प्राप्त हुई हैं, उन सबको हमलोग आपके वृष्णि तथा अन्धकवंशी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यादवोंके घर पहुँचा देंगे। देवलोक, गन्धर्वलोक तथा पातालल्लोक जहाँ जितने भी धन-रत्न प्राप्त हो सकते हैं, वे सब यहाँ नरकासुरके भवनमें विद्यमान हैं। अब आप जो आज्ञा दें, वैसा किया जाय ॥ १०–१७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! भगवान हृषीकेशने उन सब धन-रत्नोंको देख तथा परीक्षण करके उन्हीं दानवों द्वारा शीघ्र द्वारकापुरी भेज दिया ॥ १८ ॥ इसके बाद वह वरुणदेवका छत्र स्वयं लगा लिया और मूर्तिमान मेघसदृश हिरण्यधारावर्षी पक्षिराज गरुड़पर सवार हो गये। वहाँसे चलकर वे मणिपर्वतपर जा पहुँचे ॥१९॥२०॥ वहाँ उनके पहुँचते ही पुनीत वायु बहने लगा। सुनहले रंगके मणि सूर्यका किरणोंसे भी सुन्दर होकर चमकने लगे ॥२१॥ वहाँके पताकायुक्त बहिर्द्वार, द्वार और शिखर वैदूर्य मणिके समान नीलवर्णके थे ॥ २२ ॥ वह मणिपर्वत विद्युत्युक्त मेघके समान दीख रहा था। वहाँ सुनहले झरोखोंवाले बड़े-बड़े महल बने हुए थे। इस कारण वह पर्वत बहुत ही सुन्दर दीख रहा था

न्धर्वरत्नानि पन्नगानां च यद्वसु ॥ तानि सर्वाणि सन्तीह नरकस्य निवेशने ॥ १७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तच्च सर्वं हृषीकेशः परिगृह्य परीक्ष्य च ॥ सर्वमाहारयामास दानवैर्द्वारकां पुरीम् ॥ १८ ॥ ततस्तद्वारुणं छत्रं स्वयमुत्क्षिप्य माधवः ॥ हिरण्यवर्षं वर्षन्तमारुरोह विहंगमम् ॥ १९ ॥ गरुडं पतगश्रेष्ठं मूर्तिमन्तमिवाम्बुदम् ॥ ततोऽभ्यगादद्रिश्रेष्ठमभितो मणिपर्वतम् ॥ २० ॥ तं पुण्या ववुर्वाता ह्यभवंश्चामलाः प्रभाः ॥ मणीनां हेमवर्णानामभिभूय दिवाकरम् ॥ २१ ॥ तत्र वैदूर्यरत्नानि ददर्श मधुसूदनः ॥ सतोरणपताकानि द्वाराणि शिखराणि च ॥ २२ ॥ विद्युद्ग्रथितमेघाभः प्रबभौ मणिपर्वतः ॥ हेमचित्रवितानैश्च प्रासादैरुपशोभितः ॥ २३ ॥ तत्र ता वरहेमाङ्गा ददर्श मधुसूदनः ॥ गन्धर्वसुरमुख्यानां प्रिया दुहितरस्तथा ॥२४॥ ददर्श पृथुलश्रोणीः मंरुद्धा गिरिकन्दरे ॥ नरकेण समानीता रक्ष्यमाणाः समन्ततः ॥२५॥ त्रिविष्टपसमे देशे तिष्ठन्तीरपराजिताः ॥ निर्विशन्त्यो यथा देव्यः सुखिन्यः कामवर्जिताः ॥ २६ ॥ परिवव्रुर्महाबाहुमेकवेणीधराः स्त्रियः ॥ सर्वाः काषायवासिन्यः सर्वाश्च नियतेन्द्रियाः ॥ २७ ॥ व्रतोपवासतन्वङ्ग्यः काङ्क्षन्त्यः कृष्णदर्शनम् ॥ समेत्य यदुसिंहस्य सर्वाश्चक्रुः स्त्रियोऽञ्जलीन् ॥ २८ ॥ नरकं निहतं ज्ञात्वा मुरं चैव महासुरम् ॥ हयग्रीवं निसुन्दं च ताः कृष्णं पर्यवारयन् ॥ २९ ॥ ये चासां रक्षिणो वृद्धा दानवा यदुनन्दनम् ॥ कृताञ्जलिपुटाः सर्वे प्रणिपेतुर्व-

॥२३॥ वहाँ पहुँचकर भगवानने देखा कि सुवर्ण सरीखी सुन्दरी तथा विपुलनितम्बिनी बहुतेरी गन्धर्वों तथा असुरोंकी कन्यायें उस पर्वतकी कन्दराओंमें कैद होकर पड़ी हैं। उन सबको नरकासुरने ले जाकर वहाँ रक्खा था। चारों ओरसे रक्षकगण उनकी देख-भाल किया करते थे ॥ २४ ॥ २५ ॥ वे सब वासनाहीन देवाङ्गनाओंकी तरह उस स्वर्गसदृश सुन्दर स्थानका उपभोग कर रही थीं ॥ २६ ॥ वे सब काषाय वस्त्र धारण करके व्रतधारणपूर्वक वहाँ निवास करती थीं। व्रत और उपवासके कारण उनका शरीर क्षीण हो गया था। वे सब भगवानके दर्शनोंके लिए उत्सुक थीं। इस समय उन्हें देखकर वे सभी एक वेणीधारिणी कन्यायें उनके समीप आ पहुँचीं और हाथ जोड़ तथा चारों ओरसे घेरकर खड़ी हो गयीं ॥ २७ ॥ २८ ॥ इस समय भगवानको वहाँ उपस्थित देखकर ही उन कन्याओंने समझ लिया कि नरक, मुर, हयग्रीव तथा निसुंद आदि महान् असुर समाप्त हो गये। अतएव निश्चिन्त होकर उन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवानको घेर लिया ॥ २९ ॥ वहाँ जो वृद्ध दानवगण उनकी रक्षाके लिए नियुक्त थे, उन सबने भी उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम किया ॥ ३० ॥ उस समय वृषभाक्ष तथा चन्द्र-वदन भगवान कृष्णको देखते ही प्रसन्न होकर उन सब रमणियोंने एक साथ मन ही मन उनको अपना पति मान लिया ॥ ३१ ॥ उनका चन्द्रमाके सदृश सुन्दर मुख देखकर वे सब निहाल हो गयीं और परमप्रसन्न होकर महाबाहु श्रीकृष्णसे कहने लगीं—नाथ! हम सत्य कह रही हैं कि पूर्वकालमें पवनदेव एवं लोकतत्त्वज्ञ देवर्षि नारदने हमसे कहा था—'शंख, चक्र, गदा और खड्गधारी नारायण शीघ्र ही नरकासुरका विनाश करके तुम्हारे पति बनेंगे' ॥ ३२–३४ ॥ हमने बहुत दिनों पहलेसे जो सुन रक्खा था, सो आज चिरअभिलषित आपको देखकर कृतार्थ हो गयीं ॥ ३५ ॥ तदनन्तर इन्द्रानुज भगवान कृष्णने उन सभी कमलनयनी रमणियोंको सान्त्वना तथा उचित सम्मान देते हुए शिविकावाहकोंसे कहा—

योऽधिकाः ॥ ३० ॥ तासां परमनारीणामृषभाक्षं निरीक्ष्य तम् ॥ सर्वासामेव संकल्पः पतित्वेनाभवत्ततः ॥ ३१ ॥ तस्य चन्द्रोपमं वक्त्रं निरीक्ष्य मुदितेन्द्रियाः ॥ संप्रहृष्टा महाबाहुमिदं वचनमब्रुवन् ॥ ३२ ॥ सत्यं वहन् पुरा वायुरिहास्मान्वाक्यमब्रवीत् ॥ सर्वभूतमतिज्ञश्च देवर्षिरपि नारदः ॥३३॥ विष्णुर्नारायणो देवः शंखचक्रगदासिभृत् ॥ सभौमं नरकं हत्वा भर्ता च भविता स वः ॥३४॥ सुप्रियं बत पश्यामश्चिरश्रुतमरिन्दमम् ॥ दर्शनेन कृतार्था हि वयमद्य महात्मनः ॥ ३५ ॥ ततस्ताः सान्त्वयामास प्रमदा वासवानुजः ॥ सर्वाः कमलपत्राक्षीर्दृष्ट्वा चोवाच माधवः ॥ ३६ ॥ यथार्हतः पूजयित्वा समाभाष्य च केशवः ॥ यानैः किंकरसंयुक्तैरुवाह मधुसूदनः ॥ ३७ ॥ किंकराणां सहस्राणि रक्षसां वातरंहसाम् ॥ शिबिकां वहतां तत्र निर्घोषः सुमहानभूत् ॥३८॥ तस्य पर्वतराजस्य शृङ्गं यत्परमार्चितम् ॥ विमलार्केन्दुसंकाशं मणिकांचनतोरणम् ॥ ३९ ॥ सपक्षिगणमातङ्गं समृग-व्यालपादपम् ॥ शाखामृगगणाकीर्णं सुप्रस्तरशिलातलम् ॥ ४० ॥ न्यंकुभिश्च वराहैश्च रुरुभिश्च निषेवितम् ॥ सप्रतापं महासानुं विचित्रशिखर-द्रुमम् ॥ ४१ ॥ अत्यद्भुतमचिन्त्यं च मृगवृन्दविलोडितम् ॥ जीवञ्जीवकसंघैश्च बर्हिभिश्च निनादितम् ॥ ४२ ॥ तदप्यतिबलो विष्णुर्दोर्भ्यामुत्पाट्य भासुरम् ॥ आरोपयामास बली गरुडे पक्षिणां वरे ॥ ४३ ॥ मणिपर्वतशृङ्गं च सभार्यं च जनार्दनम् ॥ उवाह लीलया पक्षी गरुडः पततां वरः ॥ ४४ ॥ स पक्षबलविक्षेपैर्हिमाद्रिशिखरोपमम् ॥ दिक्षु सर्वासु संह्रादं जनयामास पक्षिराट् ॥ ४५ ॥ आरुजन्पर्वताग्राणि पादपांश्च समुत्क्षिपन् ॥

तुमलोग इन सुन्दरियोंको यहाँसे हटा ले जाओ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ भगवानकी आज्ञा पाते ही हजारों शिविकावाहक राक्षस वहाँ एकत्र हो गये, जिससे बहुत बड़ा कोलाहल मच गया ॥ ३८ ॥ तदनन्तर कृष्णभगवानने अपने बाहुबलसे उस चन्द्र-सूर्यके सदृश देदीप्यमान, मणिकाञ्चनमय, तोरणसमायुक्त एवं पक्षी, मातंग (हाथी), सर्प, शाखामृग (वानर) मृग, न्यङ्कु, (बारहसिंघा) वराह, रुरु प्रभृति जीवोंसे परिपूर्ण, वृक्ष, प्रशस्त शिलातल, जलप्रपात शिखरयुक्त, अतिअद्भुत, परम रमणीय मणिपर्वतका शिखर उत्पाटित करके गरुड़की पीठपर रख लिया और अपनी प्रिया सत्यभामाके साथ स्वयं भी सवार हो गये ॥ ३९–४३ ॥ अब पक्षिराज गरुड़ लीलाक्रमसे हिमालय शिखरके समान भारी उस पर्वतशिखर तथा सपत्नीक श्रीकृष्ण भगवानको अपनी पीठपर बिठाकर उड़े ॥ ४४ ॥ उनके पंखोंकी फड़कसे चारों ओर घोरतर शब्द उत्पन्न हुआ। उनके उड़कर चलते समय कितने हा पर्वतोंके शिखर छितरा गये, वृक्ष

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उखड़ गये और मार्गमें पड़नेवाले मेघोंमेंसे कितने मेघ छिन्न-भिन्न हो गये और कितने उनके साथ-साथ उड़ने लगे ॥४५॥४६॥ विहगराज गरुड भगवानके आज्ञानुसार क्रमशः सूर्य और चन्द्रमाके मार्गको लाँघकर वायुवेगसे चलने लगे ॥ ४७ ॥ जब गरुड़ देव-गन्धर्वसेवित सुमेरुपर्वतपर पहुँचे, तब देवता, गन्धर्व, मरुत्, साध्य, विश्वेदेव तथा दोनों अश्विनीकुमारोंके भवन दिखायी दिये ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ क्रमशः जब वे भवन पीछे छूट गये और देवराज इन्द्रका भव्य भवन दृष्टिगोचर हुआ, तब गरुड़परसे उतरकर वे उसमें प्रविष्ट हुए। वहाँ पहुँचकर उन्होंने इन्द्रको विराजमान देखा। देवराज इन्द्र देखते ही उठ खड़े हुए और बड़ी प्रसन्नताके साथ उन्होंने श्रीकृष्ण भगवानका अभिनन्दन किया ॥ ५० ॥ ५१ ॥ तब पत्नीसमेत भगवान वासुदेवने दो कुण्डल प्रदान करके देवराजकी विधिवत् वन्दना की। उधर महारानी सत्यभामाका भी पुलोमतनया इन्द्राणीने यथोचित सत्कार किया ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ इस प्रकार देवेन्द्र

सञ्जहार महाभ्राणि विजहार च कानिचित् ॥ ४६ ॥ विषयं समतिक्रम्य देवयोश्चन्द्रसूर्ययोः ॥ ययौ वातजवः पक्षी जनार्दनवशे स्थितः ॥ ४७ ॥
स मेरुगिरिमासाद्य देवगन्धर्वसेवितम् ॥ देवसद्मानि सर्वाणि ददर्श मधुसूदनः ॥ ४८ ॥ विश्वेषां मरुतां चैव साध्यानां च नराधिप ॥ भ्राजमाना-
न्यतिक्रामन्नश्विनोश्च परंतप ॥ ४९ ॥ प्राप्य पुण्यतमाँल्लोकान्देवलोकमरिन्दम ॥ शक्रसद्म समासाद्य प्रविवेश जनार्दनः ॥ ५० ॥ अवतीर्य स
तार्क्ष्यात्तु ददर्श विबुधाधिपम् ॥ प्रीतश्चैवाभ्यनन्दत्तं देवराजः शतक्रतुः ॥ ५१ ॥ प्रादाय कुण्डले दिव्ये ववन्दे तं तदाऽच्युतः ॥ सभार्यो विबुध-
श्रेष्ठं नरश्रेष्ठो जनार्दनः ॥५२॥ अर्चितो देवराजेन रत्नैश्च प्रतिपूजितः ॥ सत्यभामा च पौलोम्या यथावदभिनन्दिता ॥ ५३ ॥ वासवो वासुदेवश्च
जग्मतुः सहितौ तदा ॥ अदित्या भवनं दिव्यं देवमातुर्महर्द्धिमत् ॥ ५४ ॥ तत्रादितिमुपास्यन्तीमप्सरोभिः समन्ततः ॥ ददृशाते महात्मानो
महाभागां तपोन्विताम् ॥५५॥ ततस्ते कुण्डले दिव्ये प्रादाददितिनन्दनः ॥ ववन्दे तां शचीभर्ता मातरं स्वां पुरन्दरः ॥५६॥ जनार्दनं पुरस्कृत्य
कर्म चैव शशंस तत् ॥ अदितिस्तौ सुतौ प्रीत्या परिष्वज्याभिनन्द्य च ॥ ५७ ॥ आशीर्भिरनुकूलाभिरुभावप्यवदत्तदा ॥ पौलोमी सत्यभामा च
प्रीत्या परमया युते ॥ ५८ ॥ अगृह्णीतां वरार्हाया देव्यास्ते चरणौ शुभौ ॥ ते चाप्यभ्यवदत्प्रेम्णा देवमाता यशस्विनी ॥ ५९ ॥ यथावदब्रवीच्चैव
जनार्दनमिदं वचः ॥ अधृष्यः सर्वभूतानामवध्यश्च भविष्यसि ॥ ६० ॥ यथैव देवराजोऽयमजितो लोकपूजितः ॥ भवत्वियं वरारोहा नित्यं च

द्वारा सत्कृत होकर भगवान कृष्ण उन सबके साथ देवमाता अदितिके समृद्धिसम्पन्न भवनको गये ॥ ५४ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि तपस्विनी देवमाता अप्सराओं द्वारा सेव्यमान होती हुई विराजमान हैं ॥५५॥ उन्हें देखते ही देवराज इन्द्र, श्रीकृष्णभगवान, इन्द्राणी और सत्यभामाने पास जाकर उनकी चरणवन्दना की। तदनन्तर इन्द्रने अपनी माता अदितिको उनके दोनों कुण्डल देते हुए श्रीकृष्णको समक्ष खड़ा करके कहा कि इन्होंने ही इन कुण्डलोंका उद्धार किया है। तब देवमाता अदितिने अतिशय आह्लादित होकर उन दोनों पुत्रोंका आलिङ्गन करके अभिनन्दन करते हुए श्रीकृष्णको आशीर्वाद दिया और कहा—वत्स! तुम संसारके सब प्राणियोंसे अजेय तथा अवध्य होओगे। जिस तरह मेरा पुत्र इन्द्र अजित तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्रिलोकपूज्य है, उसी तरह तुम भी होओगे। इसी समय सत्यभामाको भी आशीर्वाद देते हुए उन्होंने कहा—यह प्रियदर्शना, त्रिलोकविख्याता, दिव्यगन्धधारिणी और मनोरमा तुम्हारी पत्नी सत्यभामा चिरकाल तक स्थिरयौवना रहेगी। जबतक तुम मानवतन धारण करके भूतलपर रहोगे, तबतक वृद्धावस्था इसके पास नहीं आयेगी। महाबली कृष्णका देवमाता अदितिने इस प्रकार सत्कार करके विदा किया॥ ५६–६३॥ तदनन्तर भगवान मधुसूदन देवराज इन्द्र द्वारा धन-रत्नसे पूजित हो तथा उनसे गमनकी अनुमति प्राप्त करके सत्यभामाके साथ गरुड़पर आरूढ़ होकर इन्द्रभवनसे चल पड़े॥ ६४॥ जब वे देवताओंके क्रीड़ाकानन नन्दनवनका अतिक्रमण कर रहे थे, तब उन्होंने अनेक देवर्षियों द्वारा पूजित, नित्यपुष्पधर, पुनीत-सुगन्धिसमन्वित, देवसमर्चित और अतिमनोहर पारिजात वृक्ष देखा॥ ६५॥ ६६॥ उसके पास पहुँचनेवाले प्राणियोंको अपने पूर्वजन्मकी सब बातें स्मरण हो आती थीं। देवगण बड़ी चौकसीके साथ उसकी रक्षा करते थे॥ ६७॥ असाधारण पराक्रमी कृष्ण भगवानने देखते ही बलपूर्वक उस पारिजात वृक्षको उत्पाटित करके गरुड़की पीठपर रख लिया। तदनन्तर

प्रियदर्शना ॥६१॥ सर्वलोकेषु विख्याता दिव्यगन्धा मनोरमा ॥ सत्यभामोत्तमा स्त्रीणां सुभगा स्थिरयौवना ॥६२॥ जरां न यास्यति वधूर्यावत्त्वं कृष्ण मानुषः ॥ एवमभ्यर्चितः कृष्णो देवमात्रा महाबलः ॥ ६३ ॥ देवराजाभ्यनुज्ञातो रत्नैश्च प्रतिपूजितः ॥ वैनतेयं समारुह्य सहितः सत्यभामया ॥ ६४ ॥ देवाक्रीडं परिक्रामन्पूज्यमानं सुरर्षिभिः ॥ स ददर्श महाबाहुराक्रीडे वासवस्य ह ॥ ६५ ॥ दिव्यमभ्यर्चितं देवैः पारिजातं महाद्रुमम् ॥ नित्यपुष्पधरं दिव्यं पुण्यगन्धमनुत्तमम् ॥ ६६ ॥ यमासाद्य जनः सर्वो जातिं स्मरति पौर्विकीम् ॥ संरक्ष्यमाणं देवैस्तं प्रसह्यामितविक्रमः ॥ ६७ ॥ उत्पाट्यारोपयामास विष्णुस्तं गरुडोपरि ॥ सोऽपश्यत्सत्यभामा च दिव्यमप्सरसां गणम् ॥ ६८ ॥ पृष्ठतः सत्यभामा च दिव्या योषा च वीक्षिता ॥ प्रायात्ततो द्वारवतीं वायुजुष्टेन वै पथा ॥ ६९ ॥ श्रुत्वा तं देवराजस्तु कर्म कृष्णस्य तत्तदा ॥ अनुमेने महाबाहुः कृतकर्मेति चाब्रवीत् ॥७०॥ स पूज्यमानस्त्रिदशैः सप्तर्षिगणसंस्तुतः ॥ प्रतस्थे द्वारकां कृष्णो देवलोकादरिन्दम ॥७१॥ सोऽभिपत्य महाबाहुर्दीर्घमध्वानमल्पवत् ॥ पूजितो देवराजेन ददृशे यादवीं पुरीम् ॥ ७२ ॥ तथा कर्म महत्कृत्वा भगवान्वासवानुजः ॥ उपायाद्द्वारकां कृष्णः श्रीमान्गरुडवाहनः ॥ ७३ ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणं द्वारकाप्रवेशो नाम षट्षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६६ ॥

श्रीकृष्ण और सत्यभामा अप्सराओंकी निवासभूमिमें पहुँचे। वहाँकी अप्सरायें एकटक उन्हें निहारने लगीं। क्रमशः अप्सराओंकी निवासभूमिका अतिक्रमण करके भगवान आकाशमार्गसे द्वारकापुरीकी ओर अग्रसर हुए॥ ६८॥ ६९॥ इसी समय देवराज इन्द्रने श्रीकृष्ण द्वारा पारिजातके उत्पाटित होनेका समाचार सुना तो उन्होंने उनके इस कार्यका अनुमोदन किया और कहा कि कृष्णकी सहायतासे ही मैं सफलमनोरथ हुआ हूँ। अतएव उन्हें ऐसा करनेका अधिकार है॥ ७०॥ देवता, महर्षिगण तथा स्वयं देवराज इन्द्र श्रीकृष्णभगवानकी स्तुति करने लगे। उधर भगवान देवलोकसे चलकर उतना विस्तृत मार्ग तनिकदेरके भीतर पार करके अपनी यादवी पुरीमें जा पहुँचे॥७१॥७२॥ हे महाराज! भगवान कृष्ण इस प्रकार बहुत बड़ा कार्य सम्पादन करके गरुड़वाहन द्वारा द्वारकापुरीको लौट आये॥ ७३॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां षट्षष्टितमोऽध्यायः॥ ६६॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पारिजातहरणका वृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे मुनिश्रेष्ठ ! परम बुद्धिमान् श्रीकृष्णकी केवल मथुरामें की हुई लीलाओंको सुनकर ही मुझे सन्तोष नहीं हो रहा है ॥१॥ अतएव उन्होंने अपना विवाह करनेके बाद द्वारकापुरीमें रहते समय जो लीलायें की हों, वह सब मुझे सुनाइए । क्योंकि आप सब कुछ जानते हैं ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! विवाहके बाद उन्होंने अपने अनुरूप जो कार्य किये, वह सब बता रहा हूँ, सुनिए—॥३॥ प्रबल प्रतापी श्रीकृष्ण विवाहके बाद महारानी रुक्मिणीको साथ लेकर रैवतक पर्वतपर गये ॥४॥ देवी रुक्मिणी अपने व्रतके पारणके उपलक्ष्यमें ब्राह्मणोंको तृप्त करनेके लिए ही वहाँ गयी थीं । देवर्षि नारदकी आज्ञासे भगवानने वहाँ भ्राताओं तथा पुत्रोंको पहले ही भेज दिया था । उनकी अन्यान्य षोडश सहस्र पत्नियाँ भी पहुँच गयी थी । सो वहाँ पहुँचकर उन्होंने व्रतपारणके दिन अच्छे वंशमें उत्पन्न, विद्वान, ऋत्विक्प्रधान, धर्मपरायण, हितवादी, स्तुतिवादी,

जनमेजय उवाच ॥ प्रादुर्भावे मुनिश्रेष्ठ माथुरे चरितं शुभम् ॥ शृण्वन्नैवाधिगच्छामि तृप्तिं कृष्णस्य धीमतः ॥ १ ॥ द्वारकायां निवसतः कृतदारस्य षड्गुणम् ॥ चरितं ब्रूहि कृष्णस्य सर्वं हि विदितं तव ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ जनमेजय कृष्णस्य कृतदारस्य भारत ॥ निबोध चरितं चित्रं तस्यैव सदृशं प्रभो ॥३॥ प्राप्तदारो महातेजा वासुदेवः प्रतापवान् ॥ रुक्मिण्या सहितो देव्या ययौ रैवतकं नृप ॥४॥ उपवासावसानं हि रुक्मिण्याः प्रतिपूजयन् ॥ तर्पयिष्यन्स्वयं विप्राञ्जगाम मधुसूदनः ॥ ५ ॥ कुमाराः प्रययुस्तत्र पुत्रभ्रातर एव च ॥ प्रेषिता वासुदेवेन नारदस्याभ्यनुज्ञया ॥६॥ षोडश स्त्रीसहस्राणि जग्मुरेव च धीमतः ॥ ऋद्ध्या परमया राजन्विष्णोरेवानुरूपया ॥७॥ ततस्तत्र द्विजातीनां कामान्प्रादादधोक्षजः ॥ अर्थिनां धर्मनित्यानां वन्दिनामिष्टवादिनाम् ॥ ८ ॥ कल्याणनामगोत्राणां महतां पुण्यकर्मणाम् ॥ यौनैः श्रौतैश्च मार्खेश्च शुद्धानां कुरुनन्दन ॥९॥ तर्पयित्वा द्विजान्कामैरिष्टैरिष्टः सतां गतिः ॥ ज्ञातीन्संतर्पयामास यथार्हं भक्तवत्सलः ॥१०॥ उपवासावसानेऽथ भगवान्स विशेषतः ॥ बहु मेने प्रियां भार्यां रुक्मिणीं भीष्मकात्मजाम् ॥ ११ ॥ वसतस्तस्य कृष्णस्य सदारस्यामितौजसः ॥ सहासीनस्य रुक्मिण्या नारदोऽभ्याययौ मुनिः ॥ १२ ॥ आगतं चाप्रमेयात्मा मुनिमिन्द्रानुजस्तदा ॥ शास्त्रदृष्टेन विधिना अर्चयामास केशवः ॥ १३ ॥ सोऽर्चितो वासुदेवेन मुनिरर्च्यतमः सताम् ॥ पारिजाततरोः पुष्पं ददौ कृष्णाय भारत ॥ १४ ॥ तद्वृक्षराजकुसुमं रुक्मिण्यै प्रददौ हरिः ॥ पार्श्वस्था सा हि कृष्णस्य भोज्या नरवराभवत् ॥ १५ ॥ प्रतिगृह्य तु तत्पुष्पं कामारणिरनिन्दिता ॥ शिरस्यमलपत्राक्षी ददौ कृष्णेङ्गितानुगा ॥ १६ ॥ त्रैलोक्यरूपसर्वस्वं

धनेच्छुक तथा महात्मा ब्राह्मणोंको इच्छानुसार धनदान देकर सन्तुष्ट किया । इसके बाद उन्होंने जातिबन्धुओंको भली भाँति तृप्त किया ॥ ५–१० ॥ इस प्रकार भीष्मकतनया देवी रुक्मिणीका व्रतपारणविधान पूर्ण हो जानेपर भगवान अपनी प्रियतमा भार्याकी सराहना करने लगे ॥ ११ ॥ हे महाराज ! तदनन्तर जब भगवान रुक्मिणीके साथ सुखालाप कर रहे थे । उसी समय देवर्षि नारद वहाँ जा उपस्थित हुए ॥ १२ ॥ आते ही भगवान उपेन्द्रने उनकी विधिवत् अर्चना की । साधुजनसमर्चित नारदने कृष्णके द्वारा इस प्रकार पूजित होकर उनके हाथमें पारिजातका एक पुष्प रख दिया ॥ १३ ॥ १४ ॥ भगवान कृष्णने वह पुष्प रुक्मिणोको देना चाहा तो वे उनके समीप चली गयीं और उसे लेकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनके संकेतानुसार उन्होंने उस निर्मल पंखुड़ियोंवाले पुष्पको अपने जूड़ेमें लगा लिया ॥ १५ ॥ १६ ॥ उसे मस्तकपर धारणकर लेनेके कारण भगवानकी एकमात्र प्रियतमा रुक्मिणी-की शोभा दूनी हो गयी । क्योंकि वह पुष्प सारी त्रिलोकीके सौन्दर्यका आधार था ॥ १७ ॥ उसी समय देवर्षि नारदने रुक्मिणीको सम्बोधित करके कहा—हे पतिव्रते ! यह पुष्प एकमात्र आपके लिए ही उपयुक्त है ॥ १८ ॥ आपके सम्पर्कमें आकर आज यह पुष्प और भी सुन्दर हो उठा है । यह कभी मुरझायेगा नहीं और पूरे वर्षभर इसकी सुगन्धि ज्यों की त्यों बनी रहेगी और आप जैसी सुगन्धि चाहेंगी, वैसी मिलती रहेगी ॥ १९–२१ ॥ आप जब चाहेंगी तो इससे आपको शीतलता तथा उष्णता भी प्राप्त होगी । इतना ही नहीं, उपासना द्वारा सन्तुष्ट होकर यह पुष्प आपको अभिलषित वरदान भी देगा ॥ २२ ॥ हे वरवर्णिनि ! इसकी सेवा करेंगी तो यह आपको सौभाग्य भी प्रदान करेगा । मन प्रसन्न करनेवाली

नारायणमनोहरा ॥ शुशुभे देवपुष्पेण द्विगुणं भैष्मकी तदा ॥ १७ ॥ तां नारदस्तथोवाच मुनिर्ब्रह्मसुतस्तदा ॥ तवैवौपयिकं पुष्पमेकं देवि पति-
व्रते ॥१८॥ अलंकृतं पुष्पमेतत्संसर्गात्तव सर्वथा ॥ अत्यर्हा च मता मे त्वमेतत्पुष्पाद्धृतव्रते ॥ १९ ॥ कल्याणगुणसंपन्ने सततं भर्तृवत्सले ॥ अम्ला-
नमेतत्सततं पुष्पं भवति कामिनि ॥२०॥ संवत्सरपरं कालं कालज्ञे गुणसंमते ॥ ईप्सितानपि गन्धांश्च ददाति वदतां वरे ॥२१॥ शीतोष्णे चेच्छिते
देवि पुष्पमेतत्प्रयच्छति ॥ स्रवत्यपि रसान्देवि मनसा कांक्षितान्वरान् ॥ २२ ॥ सेव्यमानं च सौभाग्यं ददाति वरवर्णिनि ॥ स्रवत्यपि तथा
गन्धानीप्सितान्प्रीतिवर्द्धनान् ॥२३॥ यानि यानि च पुष्पाणि त्वं देव्यभिलषिष्यसि ॥ कुसुमं वृक्षराजस्य तानि तानि प्रदास्यति ॥ २४ ॥ एतदेव
भगाधानं धर्मिष्ठे पुत्रदं तथा ॥ मतिं च नाशुभे धत्ते धार्यमाणं सदा शुभे ॥ २५ ॥ यद्यदिच्छसि वर्णं च तत्सर्वं धारयिष्यति ॥ स्वल्पं वा यदि
वा स्थूलं छन्दतस्ते भविष्यति ॥ २६ ॥ अनिष्टगन्धहरणं तत्समं गन्धवर्द्धनम् ॥ प्रदीपकर्म रात्रौ च करोति कमलेक्षणे ॥ २७ ॥ संतानकस्रजो
मालां पुष्पवस्त्रादि वाऽच्युतम् ॥ पुष्पमण्डपमुख्यानि चिन्तितेन प्रदास्यति ॥ २८ ॥ बुभुक्षा वा पिपासा वा ग्लानिर्वाऽप्यथ वा जरा ॥ देववद्धा-
रयन्त्यास्ते स्वच्छन्देन भविष्यति ॥ २९ ॥ अनुगीतानि गीतानि दास्यत्यपि च चिन्तिते ॥ सुवादित्रान्सुमधुरांस्तथैव तव संमतान् ॥ ३० ॥

सुगन्धि तो देगा ही । हे देवि ! आप इससे अन्यान्य पुष्पोंमेंसे जो पुष्प चाहेंगी, वह आपको प्राप्त हो जायगा ॥ २३ ॥ २४ ॥ यह पुष्प ऐश्वर्यका आधार और धार्मिकोंका साक्षात् धर्म है । इसको धारण करनेसे मनमें कभी कोई अशुभ भावना नहीं आती ॥ २५ ॥ जब आप जो वर्ण देखना चाहेंगी, वह वर्ण आपको दिखायी देगा । इसे धारण करनेसे स्थूल तथा सूक्ष्म रूप भी धारण किया जा सकता है ॥ २६ ॥ इसके पास कभी दुर्गन्धि नहीं टिक पाती, बल्कि यह सदा सुगन्धि ही प्रदान करता है । केवल इस एक पुष्पके पास रहनेपर दीपककी भी आवश्यकता नहीं पड़ती । यह रात्रिके समय प्रकाश भी देता है ॥ २७ ॥ इच्छा करनेपर सन्तानकवृक्षकी माला, अम्लान पुष्पवस्त्र और पुष्पमण्डप भी प्राप्त हो सकता है ॥ २८ ॥ इसके पास रहनेपर क्षुधा, तृष्णा, वृद्धावस्था तथा ग्लानिजनित कोई कष्ट नहीं होता । इसको धारण करके आप सदा सुखी और स्वच्छन्द रहेंगी ॥ २९ ॥ आप जब चाहेंगी तो इससे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपनी इच्छानुसार सुमधुर गायन और वाद्य भी सुन सकेंगी ॥३०॥ जब वर्ष पूरा होगा, तब यह आपके पाससे जाकर फिर यह अपने वृक्षमें जुड़ जायगा ॥३१॥ हे सुप्रभे ! पारिजात-की यही विशेषता है। लोकपितामह ब्रह्माजीने देवताओंके सत्कारार्थ इस वृक्षकी सृष्टिकी थी ॥३२॥ पतिपरायणा, महादेवमनोरमाऔर हिमालयकी पुत्री उमा, देवमाता अदिति, इन्द्रप्रिया शची, वेदमाता सावित्री, देवी लक्ष्मी, अन्यान्य देवियाँ, देवता तथा वसुगण सभी इस पुष्पका सेवन करते हैं, किन्तु यह किसीके पास वर्षभरसे अधिक नहीं ठहरता ॥ ३३–३५ ॥ हे भोजनन्दिनी ! भगवान कृष्णकी सोलह हजार पत्नियोंमें आज मैं आपको सर्वश्रेष्ठ देख रहा हूँ ॥३६॥ आज आपके आगे आपकी सौतोंका सौभाग्यगर्व चूर्ण हो गया है ॥३७॥ आज आपको भगवानने यह पारिजात पुष्प दिया है। अतएव आपका सौभाग्य और आपका यश सर्वत्र फैल जायगा ॥३८॥ सत्राजित्की पुत्री सत्यभामा अपनेको परम रूपवती समझकर अपने

पूर्णे संवत्सरे देवि पुष्पमेतत्त्वान्तिकात् ॥ निर्वर्त्स्यते तरुवरं समयेन प्रयास्यति ॥ ३१ ॥ कृतिरेषा हि भद्रं ते पारिजातस्य सुप्रभे ॥ निसर्गतः सर्गकृता सत्कारार्थेऽमुरद्विषाम् ॥ ३२ ॥ उमा देववरस्येष्टा हिमालयसुता सती ॥ धारयन्तीश्वरी नित्यं पुष्पाण्येतानि सुप्रभे ॥ ३३ ॥ अदितिश्च सपौलोमी महेन्द्रमुरतारणी ॥ सावित्री देवमाता च श्रीश्च सर्वगुणोचिता ॥ ३४ ॥ देवपत्न्यस्तथैवान्या देवाश्च वसुदेवताः ॥ संवत्सरपरः कालः सर्वेषां न तु संशयः ॥ ३५ ॥ षोडशस्त्रीसहस्राणां मध्ये त्वं खलु वर्तसे ॥ अद्येष्टा वासुदेवस्य वेद्मि त्वां भोजनन्दिनि ॥ ३६ ॥ सपत्न्यस्ते गुणोपेते मर्त्याः सर्वेश्वरप्रिये ॥ अवमानावसेकेन त्वया सिक्ताद्य भामिनि ॥ ३७ ॥ प्रकाशमद्य सौभाग्यमनिवार्यं यशश्च ते ॥ मन्दारकुसुमं दत्तं यत्ते मधुनिघातिना ॥ ३८ ॥ अद्य सात्राजिती देवी ज्ञास्यते वरवर्णिनी ॥ सौभाग्याढ्यं सदा वेत्ति याऽऽत्मानं सुभगं सती ॥ ३९ ॥ साम्बमाता च गान्धारी भार्याश्चान्या महात्मनः ॥ सौभाग्यार्थोद्यताकांक्षामद्य मोक्ष्यन्ति निःस्पृहाः ॥ ४० ॥ सौभाग्यैकरथो जैत्रस्तव देव्यद्य निःसृतः ॥ मनोरथरथानां यः सहस्रैरपि दुर्जयः ॥ ४१ ॥ अद्याहमवगच्छामि सर्वथा सर्वशोभने ॥ आत्मा द्वितीयः कृष्णस्य भोजे त्वमिति भामिनि ॥ ४२ ॥ त्रैलोक्यरत्नसर्वस्वमददाद्यत्तवाच्युतः ॥ जीवितातिशयस्तेन त्वया प्राप्तो हरिप्रिये ॥ ४३ ॥ नारदेनैवमुक्तं तु तथ्यं वाक्यं नराधिप ॥ तत्रस्थाः शुश्रुवुः प्रेष्याः प्रेषिताः सत्यभामया ॥ ४४ ॥ देवीनां च तथाऽन्यासां पत्नीनां च विशांपते ॥ दृष्ट्वा ताः सविशेषं च नारदेनाभ्युदाहृतम् ॥४५॥

सौभाग्यपर गर्व करती हैं। किन्तु आज उनका सौभाग्य कहाँ चला गया, यह आपको शीघ्र मालूम हो जायगा ॥३९॥ साम्बकी माता, गान्धारी एवं अन्यान्य पत्नियोंकी सौभाग्य-आशा धीरे-धीरे उन्नत होती जा रही थी, किन्तु आज वह सर्वथा विलुप्त हो जायगा ॥४०॥ आज आपका जो विजयी सौभाग्यरथ राजपथपर निकल पड़ा है, वह हजारों कामनाओंकी टक्करसे भी न पराजित होगा ॥४१॥ सौभाग्यवती ! हे सर्वशोभने ! आज ऐसा ज्ञात होता है कि भगवान कृष्णका जीवन आप ही हैं ॥ ४२ ॥ आज जब उन्होंने त्रिलोकरत्नस्वरूप यह पुष्प दे दिया है, तब यह समझ लीजिए कि उन्होंने अपने जीवनसे भी अधिक प्रिय वस्तु दे डाली है ॥४३॥ हे महाराज ! जब देवर्षि नारद ऐसा कहकर रुक्मिणीकी सराहना कर रहे थे, तभी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वहाँ महारानी सत्यभामाके द्वारा भेजी हुई परिचारिकायें तथा अन्यान्य सौतोंकी दासियाँ भी उपस्थित थीं। उन सबने नारदजीकी बातें सुनीं ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ बादमें उन दासियोंने अन्तःपुरमें जाकर अपने स्त्रीस्वभाववश सबको नारदजीकी कही हुई बातें कह सुनायीं ॥४६॥ तब भगवानकी अन्य पत्नियाँ रुक्मिणीके सौभाग्यकी बात सुनकर प्रसन्नतापूर्वक एक साथ दलबद्ध होकर किसी गुप्त बातकी तरह परस्पर कानाफूसी करने लगीं। वे कहने लगीं—भला रुक्मिणी सौभाग्यवती क्यों न होंगी ? वे एक पुत्रकी माँ हैं और हम सबसे बड़ी हैं। अतएव सौभाग्यके लिए उपयुक्त पात्र हैं। ॥४७॥४८॥ किन्तु रूप-यौवनसम्पन्ना एवं सौभाग्यगर्विता महारानी सत्यभामाको यह बात सहन नहीं हुई। क्योंकि अतुल तेजस्वी भगवान कृष्णकी वे सर्वाधिक प्रिय पत्नी थीं। अतएव उन्हें विशेष अभिमान था। यह सब बातें सुनकर उन्हें बड़ी ईर्ष्या हुई ॥ ४९ ॥ ५० ॥ जिस तरह आहुति पाकर आग भड़क उठती है, उसी प्रकार महारानी सत्यभामा क्रोधसे लाल हो गयीं। उन्होंने अपनी कुमकुमके रंगमें रंगी साड़ी उतार दी और एक सफेद धोती पहिनकर उसी प्रकार कोपभवनमें चली गयीं, जैसे कोई तारिका

तच्च श्रुत्वा मुनिखिलं प्रेष्याभिः स्त्रीस्वभावतः ॥ प्रकाशीकृतमेवासीद्विष्णोरन्तःपुरे तदा ॥ ४६ ॥ कर्णाकर्णि ततो देव्यः कौलीनमिव संघशः ॥
मन्त्रयांचक्रिरे हृष्टा रुक्मिण्यतिगुणोदयम् ॥ ४७ ॥ अर्हेति पुत्रमातेति ज्येष्ठेति च समागताः ॥ प्रायेण प्रवदन्ति स्म हृष्टा दामोदरस्त्रियः ॥४८॥
ममृषे न सपत्न्यास्तु तत्सौभाग्यं गुणोदयम् ॥ सत्यभामा प्रिया नित्यं विष्णोरतुलतेजसः ॥ ४९ ॥ रूपयौवनसंपन्ना स्वसौभाग्येन गर्विता ॥ अभि-
मानवती देवी श्रुत्वैवेर्ष्यावशं गता ॥ ५० ॥ समुत्सृजन्ती वसनं सकुंकुमं शुचिस्मिता शुक्लतमैकमंशुकम् ॥ जग्राह रोषाकुलितेन चेतसा वह्नेस्तदा
श्रीरिव वर्द्धितेन्धना ॥ ५१ ॥ दन्दह्यमाना ज्वलनेन वर्द्धता ईर्ष्यासमुत्थेन गतप्रभेव ॥ क्रोधान्विता क्रोधगृहं विविक्तं विवेश तारेव घनं सतोयम्
॥ ५२ ॥ बद्ध्वा ललाटे हिमचन्द्रशुक्लं दुकूलपट्टं प्रियरोषचिह्नम् ॥ पर्यन्तदेशं सरसेन देवी विलिप्य सा लोहितचन्दनेन ॥५३॥ संस्मृत्य संस्मृत्य
शिरः सरोषं प्रकम्पमाना समुपोपविष्टा ॥ दीर्घोपधानं शयनेऽपनीय विभूषणान्येव निबद्धवेणी ॥ ५४ ॥ अकारणार्थेन विकृष्यमाणा प्रेष्याजनस्या-
भिजनान्विताऽपि ॥ विचूर्णयामास कुशेशयं सा निःश्वस्य निःश्वस्य नखैर्नतभ्रूः ॥५५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजात-
हरणे सप्तषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६७ ॥

सजल मेघमें समा गयी हो। तत्काल वे ईर्ष्याजनित अग्निमें जलने लगीं, जिससे उनके शरीरकी कान्ति दीप्तिविहीन दीखने लगी ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ रोषप्रदर्शनके लिए उन्होंने अपने मस्तकमें चन्द्रमाके समान श्वेत वस्त्र बाँधा और उसके ऊपर लाल चन्दन लगा लिया ॥५३॥ वे सेजपर बैठ गयीं, केश खोलकर छितरा दिया और सभी आभूषणोंको निकालकर अलग कर दिया। बड़ी-बड़ी तकियाओंको उन्होंने दूर फेंक दिया। बीच-बीचमें उन्हें जब अपनी सौतके भाग्योदयकी बात याद आती थी, तब मारे क्रोधके उनका मस्तक काँपने लगता था ।५४॥ उस व्यर्थके रोषसे लम्बी-लम्बी साँसें लेती हुई वे अपने मुखकमलको नोच-नोचकर क्षत-विक्षत करने लगीं। क्रोधके मारे उनकी दोनों भौंहें नीचेकी ओर झुक गयी थीं ॥ ५५ ॥

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पारिजातहरणे सप्तषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(सत्यभामाका प्रणयकोप) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब देवर्षि नारद बैठकर रुक्मिणीके साथ वार्तालाप करने लगे, तब नारदकी सेवाका भार प्रद्युम्नको सौंपकर सर्वज्ञ भगवान कृष्ण किसी कार्यके बहाने वहाँसे निकल आये ॥ १ ॥ तदनन्तर प्राणप्रियतमा तथा सत्राजित्तनया सत्यभामाके कुपित होनेका समाचार सुनकर वे तत्काल रैवतक पर्वतपर विश्वकर्मा द्वारा रचित अतिरमणीय सत्यभामाके भवनमें जा पहुँचे ॥ २ ॥ वहाँ पहुँचकर दारुक सारथीको द्वारपर ठहरे रहनेको कहकर अपनी प्रेयसी सत्यभामाके प्रणयकोपका स्मरण करते हुए वे चुपके-चुपके सशंकभावसे उनके भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ३ ॥ वहाँ उन्होंने दूर हीसे देखा कि देवी सत्यभामा कोपभवनमें परिचारिकाओंसे घिरी चुपचाप बैठी हैं और लम्बी-लम्बी साँस ले रही हैं ॥ ४ ॥ कभी-कभी नाखूनोंसे नुचे हुए कमलको मुखकमलपर ले जाकर धीरे-धीरे घुमाने लगती हैं। कभी-कभी विक्षिप्तकी तरह बार-बार हँसने

वैशम्पायन उवाच ॥ उपविष्टं मुनिं ज्ञात्वा रुक्मिण्या सह केशवः ॥ निश्चक्रामाप्रमेयात्मा व्यपदेशेन सर्ववित् ॥ १ ॥ जगाम त्वरितश्चैव सत्यभामागृहं महत् ॥ रम्ये रैवतकोद्देशे निर्मितं विश्वकर्मणा ॥ २ ॥ अभिमानवतीमिष्टां प्राणैरपि गरीयसीम् ॥ जानन्सात्राजितीं विष्णुर्विवेश शनकैरिव ॥ ३ ॥ रुषितामिव तां देवीं स्नेहात्संकल्पयन्निव ॥ भीतभीतः स शनकैर्विवेश मधुसूदनः ॥ ४ ॥ सेवकं द्वारदेशे तु तिष्ठेत्युक्त्वा विवेश ह ॥ नारदस्योपचारार्थं प्रद्युम्नं विनियुज्य सः ॥ ५ ॥ स ददर्श प्रियां दूरात्क्रोधागारगतां तदा ॥ प्रेष्यामिव स्थितां कोपान्निःश्वसन्तीं मुहुर्मुहुः ॥६॥ करजाग्रावलीढं तु पङ्कजं मुखपङ्कजे ॥ संश्लेषयित्वा निःश्वस्य विहसन्तीं पुनः पुनः ॥७॥ किञ्चिदाकुलिताग्रेण चरणेन वसुन्धराम् ॥ कृत्वा पृष्ठेऽथ वदनं विहरन्तीं पुनः पुनः ॥ ८ ॥ करपद्मे पुनः सव्ये मुखपद्मं निवेश्य च ॥ वनितां चारुसर्वाङ्गीं ध्यायन्तीं कमलेक्षणाम् ॥ ९ ॥ सरसं चन्दनं गृह्य प्रेष्याहस्तादनिन्दिताम् ॥ प्रह्लादयित्वा हृदयं क्षिपन्तीं निर्दयं पुनः ॥ १० ॥ पुनरुत्थाय शयनात्पतन्तीं च पुनः पुनः ॥ तास्ताश्चेष्टाः प्रियायाश्च तथाऽन्या ददृशे हरिः ॥११॥ अवगुण्ठ्य यदा वक्त्रमुपधाने न्यवेशयत् ॥ इदमन्तरमित्येवं तदा गत्वा जनार्दनः ॥ १२ ॥ प्रेष्याजनं स संज्ञाय अनाख्येयोऽस्मि संज्ञया ॥ सशङ्कितप्रचारश्च वारितोऽन्वगमत्स ताम् ॥ १३ ॥ गृहीत्वा व्यजनं चैव स्थित्वा स परिपार्श्वतः ॥ शनैरिवा-

लगती हैं ॥ ५–७ ॥ कभी पैरकी उँगलियाँ टेढ़ी करके उन्हींसे जमीन कुरेदने लगती हैं। कभी मुँह फेरकर इधर-उधर विचरण करने लगती हैं ॥ ८ ॥ कभी बायीं हथेलीपर कपोल रखकर एकान्तमें कुछ सोचने लगती हैं। कभी सर्वाङ्गसुन्दरी एवं कमलनयनी रुक्मिणीके विषयमें सोचने लगती हैं ॥ ९ ॥ सत्यभामा कभी परिचारिकाओंके हाथसे सुशीतल चन्दनमिश्रित जल लेकर अपने हृदयको शीतल करतीं और कुछ ही देर बाद बड़ी निर्दयताके साथ उसे दूर फेंक देती हैं ॥ १० ॥ कभी शय्यासे एकाएक उठ खड़ी होती हैं और पुनः उसीपर गिर पड़ती हैं। भगवान कृष्ण दूरहीसे अपनी प्रियतमाकी इन चेष्टाओंको देखने लगे ॥ ११ ॥ तदनन्तर जब वे घूँघटमें मुँह छिपाकर तकियाके सहारे लेट गयीं, तब भगवान उपयुक्त अवसर देखकर आगे बढ़े ॥ १२ ॥ उस समय उन्होंने दासियोंको संकेत द्वारा अपने आगमनकी बात बतानेसे रोक दिया और आहट बचाकर धीरे-धीरे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चलते हुए महारानी सत्यभामाके पास पहुँचे ॥ १३ ॥ वहाँ वे धीरेसे उनकी बगलमें बैठ गये और हँसते हुए पंखा उठाकर हाँकने लगे ॥ १४ ॥ पारिजात पुष्पका स्पर्श किये रहनेके कारण उनके शरीरसे मानवदुर्लभ दिव्य सुगन्धि चारों ओर फैल गयी ॥ १५ ॥ इस आश्चर्यजनक सुगन्धिको सूँघकर सत्यभामा चकरा गयीं। तत्काल उन्होंने अवगुण्ठन हटा दिया और सहसा कहने लगीं—यह सुगन्धि कहाँसे आयी ? ॥ १६ ॥ उस समय भगवान पीछे बैठे हुए थे। इस कारण उन्हें न देखकर वे अपनी दासियोंसे सुगन्धिके विषयमें पूछने लगीं ॥ १७ ॥ किन्तु दासियोंने कोई उत्तर नहीं दिया। वे घुटने टेक, हाथ जोड़ और मुख नीचा कर-करके चुपचाप बैठी रह गयीं ॥ १८ ॥ तब देवी सत्यभामा अकारण सुगन्धि उड़ रही है तो यह गन्ध पृथिवीकी ही हो सकती है और किसी की नहीं। ऐसी कल्पना करके ज्यों ही दृष्टि इधर-उधर दौड़ायी, त्यों ही देखा कि लोकभावन भगवान कृष्ण उनके पीछे बैठे हैं

सृजद्वातं जहास शनकैरिव ॥ १४ ॥ स पारिजातपुष्पस्य संसर्गादनुवासितः ॥ बभार भगवान्गन्धं दिव्यं मानुषदुर्लभम् ॥ १५ ॥ अत्यद्भुतं सुगन्धं च जिघ्रित्वा विस्मयान्विता ॥ अपावृणोन्मुखं सत्या किमेतदिति चाब्रवीत् ॥ १६ ॥ सोत्थिता पृष्ठतो देवमपश्यन्ती शुचिस्मिता ॥ पर्यपृच्छंदथो प्रेष्या गन्धस्य प्रभवे तदा ॥ १७ ॥ ताः पृष्टास्त्वप्रभाषन्त्यो जानुभ्यां धरणीं गताः ॥ अधोमुख्यस्ततस्तस्थुः कृताञ्जलिपुटास्तदा ॥१८॥ तदपूर्व-मदृष्टैव गन्धं मुञ्चति मेदिनी ॥ कथमेकतरस्तस्या गन्धोऽयमिति तत्खलु ॥ १९ ॥ किं त्विदं स्यादिति च सा विवेक्षन्ती समन्ततः ॥ ददृशे केशवं देवी सहसा लोकभावनम् ॥ २० ॥ मुह्यन्तीति तदोवाच सहसाऽस्रविलेक्षणा ॥ अवतिक्तेव रोषेण बभूव प्रणयान्विता ॥ २१ ॥ सा प्रस्फुरि-तचार्वोष्ठी निःश्वस्याधोमुखी तदा ॥ मुहूर्तमसितापाङ्गी तस्थावन्यमुखी शुभा ॥ २२ ॥ निबध्य भ्रुकुटीं वामां सम्यग्विक्षिप्य लोचने ॥ निवेश्य वदनं हस्ते शोभसीत्यब्रवीद्धरिम् ॥ २३ ॥ तस्याः सुस्राव नेत्राभ्यां वारि प्रणयकोपजम् ॥ कुशेशयपलाशाभ्यामवश्यायजलं यथा ॥ २४ ॥ समुत्पत्य जलं तत्र पतितं वदनाम्बुजात् ॥ प्रतिजग्राह पद्माक्षः कराभ्यामतिसत्वरः ॥ २५ ॥ अथोरसि पतत्तोयं श्रीवत्साङ्कोऽम्बुजेक्षणः ॥ प्रियानयनजं देवः परिमृज्येदमब्रवीत् ॥ २६ ॥ स्रवत्यसितपत्राक्षि किमर्थं तव भामिनि ॥ तोयं सुन्दरि नेत्राभ्यां पुष्कराभ्यामिवोदकम् ॥ २७ ॥ प्रभाते पूर्णचन्द्रस्य मध्याह्ने पंकजस्य च ॥ बिभर्ति तव किं वक्त्रं वपुस्तव मनोहरे ॥ २८ ॥ किमर्थं कौंकुमं वासो महाराजतमेव च ॥ नानुगृह्णासि सुश्रोणि शुक्लं

॥ १९ ॥ २० ॥ तब नेत्रोंमें आँसू भरके उन्होंने कहा—ऐसा ही होना चाहिए। यह वाक्य कह और अभिमानमें निमग्न होकर प्रणयकोपसे परिपूर्ण हो गयीं ॥ २१ ॥ उनके ओंठ फड़कने लगे। वे नीचा मुख करके दीर्घ निःश्वास फेंकती हुई मुँह फेरकर बैठ गयीं ॥ २२ ॥ तदनन्तर भ्रुकुटी चढ़ा और नेत्रोंको विस्फारित करके अपना कपोल हथेलीपर रखती हुई बोलीं—आज आप बड़े सुन्दर लग रहे हैं ॥ २३ ॥ इतना कहकर कमलपत्र जिस प्रकार ओसकी बूँदें लुढ़काते हैं, उसी प्रकार वे नेत्रोंसे प्रणयकोपजनित जलधारा बहाने लगीं। ॥ २४ ॥ श्रीवत्साङ्क कमललोचन कृष्ण तत्काल उठ खड़े हुए और उन्होंने सत्यभामाके मुखकमलपर गिरे हुए आँसुओंको अपने हाथसे पोंछा और कहा—॥ २५ ॥ २६ ॥ हे सुन्दरि ! कमलपत्रसे गिरनेवाले जलकी तरह तुम्हारे नेत्रोंसे आँसू क्यों निकल रहे हैं ? आज तुम्हारा मनोहर मुख प्रभातकालीन पूर्ण चन्द्रमा तथा मध्याह्नके कमलकी तरह मलीनता क्यों धारण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किये हुए हैं ? ॥ २७ ॥ २८ ॥ आज रक्ताम्बर त्यागकर तुमने यह श्वेताम्बर क्यों धारण कर लिया है ? ॥ २९ ॥ तुम्हें महारजत तथा कुंकुममें रंगे वस्त्र ही पसन्द थे, उन्हें आज तुमने क्यों नहीं पहना ? पतिके रहते स्त्रियोंको श्वेत वस्त्र प्रिय नहीं होते ॥ ३० ॥ हे सुगात्रि ! आज मैं तुम्हारे अङ्गोंको अलंकारशून्य क्यों देख रहा हूँ ? जिस मुखको तुम नित्य अलंकारादिसे अलंकृत किये रहती थीं, आज वह श्वेतवस्त्रसे क्यों ढँका हुआ है ? आज तुमने मस्तकमें सुगन्धित और सरस चन्दन लगाकर अपने मुखकी कान्ति क्यों लुप्त कर दी है ? आज ऐसा अशुभ वेश धारण करके तुम मेरे हृदयको पीड़ा क्यों पहुँचा रही हो ? ॥ ३१–३३ ॥ नित्य तुम्हारे कपोलपर अलकापत्र सुशोभित रहता था । सो आज उसकी जगह चन्दनने क्यों सपत्नभाव धारण कर रक्खा है ? यह नहीं अच्छा लगता ॥ ३४ ॥ अलंकारोंके अभावमें ग्रहनक्षत्रविहीन आकाशकी तरह आज तुम्हारी ग्रीवा सुन्दर नहीं लग रही है ॥ ३५ ॥

वासोऽनुगृह्यते ॥ २९ ॥ वासस्येते तवाभीष्टे महारजतकौंकुमे ॥ देवाभिगमनादूर्ध्वं शुक्लं नेष्टं हि तत्स्त्रियाः ॥ ३० ॥ किञ्चानाभरणं गात्रं सुगात्रि तव कथ्यताम् ॥ चित्रकस्थानमाक्रान्तं कस्मादवरवर्णिनि ॥ ३१ ॥ श्वेतेन तव पादेन वाससा प्रियदर्शने ॥ ललाटं सेव्यते कस्माच्चन्दनेन सुगन्धिना ॥ ३२ ॥ सरसेनायतापाङ्गि कान्तेन हृदयप्रिये ॥ प्रभोपमर्दं केनापि कारणेनाननस्य च ॥ करोषि मम वाऽस्यर्थं मनो ग्लापयसि प्रिये ॥ ३३ ॥ प्रसृतश्चन्दनरसः कपोलप्रणयी तव ॥ पत्रलेखासपत्नत्वं प्राप्तो नाति विराजते ॥ ३४ ॥ रत्नैश्चाभरणैर्मुक्ता तव ग्रीवा न शोभते ॥ ग्रहनक्षत्ररहिता द्यौरिवाव्यक्तशारदी ॥ ३५ ॥ पूर्णचन्द्रसपत्नेन स्मेरेणाबहुभाषिणा ॥ किन्नु नाभाषसे माऽद्य मुखेनोत्पलगन्धिना ॥ ३६ ॥ अर्द्धाक्षणाऽपि हि तावन्मां किमर्थं न निरीक्षसे ॥ मुञ्चस्येव सनिःश्वासं तोयमञ्जनदुर्दिनम् ॥ ३७ ॥ अलमिन्दीवरश्यामे रुदितेन मनस्विनि ॥ जलमञ्जनकल्माषं मा मोक्षीराननद्विषम् ॥ ३८ ॥ त्वदीयोऽहं यदा देवि ख्यातो जगति किंकरः ॥ नाज्ञापयसि किं मां त्वं पुरेव वरवर्णिनि ॥ ३९ ॥ किमकार्षमहं देवि विप्रियं तव भामिनि ॥ येनातिमात्रमात्मानमायासयसि सुन्दरि ॥ ४० ॥ मनसा कर्मणा वाचा न त्वामतिचराम्यहम् ॥ सर्वथा सर्वचार्वङ्गी सत्यमेतद्ब्रवीम्यहम् ॥ ४१ ॥ बहुमानोपमान्यासु स्त्रीषु सर्वासु शोभने ॥ स्नेहश्च बहुमानश्च त्वामृतेऽन्यासु नास्ति मे ॥ ४२ ॥ नैव

आज तुम पूर्ण चन्द्रमासे होड़ करनेवाले, परिमितभाषी और कमल सदृश सुगन्धियुक्त अपने मुखारविन्दसे मेरे साथ सम्भाषण क्यों नहीं कर रही हो ? ॥ ३६ ॥ आज तुम मुझे अर्धनिमीलित नयनोंसे भी क्यों नहीं निहार रही हो ? दीर्घनिःश्वासके साथ अंजनसे मिश्रित अविरल अश्रुधारा क्यों बहा रही हो ? ॥३७॥ हे मनस्विनि ! अब मत रोओ और मुख मलिन करनेवाला कज्जलकलुषित नेत्रजल न बरसाओ ॥ ३८ ॥ मैं तो तुम्हारा वही जगद्विख्यात सेवक हूँ । फिर नित्यकी तरह आज तुम मुझे कोई आज्ञा क्यों नहीं दे रही हो ? ॥ ३९ ॥ हे देवि ! हे सुन्दरी ! मैंने तुम्हारा कौनसा अप्रिय कार्य किया है कि जिसके लिए आज तुम मुझे इस प्रकार क्लेश दे रही हो ? ॥ ४० ॥ मैं शपथपूर्वक कहता हूँ कि मैंने तो मनसा-वाचा-कर्मणा कभी तुम्हें दुःखदेनेवाला कोई कार्य नहीं किया है ॥४१॥ मैंने अपनी अन्यान्य स्त्रियोंकी अपेक्षा तुम्हें ही विशेष सम्मान प्रदान किया है । तुम्हारे सिवाय और किसी भी पत्नीके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रति मैंने वैसा यत्न और वैसा स्नेह नहीं प्रदर्शित किया है ॥ ४२ ॥ प्राणसंकटके समय भी मेरे हृदयसे तुम्हारा प्रेम नहीं दूर हो सकता । मैं अपनी अन्तरात्मा द्वारा सच कह रहा हूँ कि जैसे क्षमा और गन्ध पृथिवीका, शब्दादि आकाशके, दीप्ति अग्निका, प्रभा सूर्यका एवं कान्ति चन्द्रमाका स्वाभाविक गुण है, ठीक उसी प्रकार तुम्हारे प्रति मेरा अनुराग स्वाभाविक है ॥४३-४५॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवान कृष्णके इन सन्तोषदायक वचनोंको सुनकर महारानी सत्यभामाने आँसुओंको पोंछकर मृदु स्वरमें उन्हें सम्बोधित करके कहा—॥४६॥ हे प्रभो ! मैं तो ऐसा समझती थी कि आप मेरे सिवाय और किसीके नहीं हैं, किन्तु आज ज्ञात हुआ कि मुझपर आपका बहुत साधारण स्नेह है ॥४७॥ कालकी गति विचित्र होती है, इस बातको मैं पहले नहीं समझ सकी थी । किन्तु आज कालकी गतिको मैंने भलीभाँति समझ लिया है ॥ ४८ ॥ मैंने सोचा था कि इस जीवनमें आप ही मेरे सर्वस्व हैं

त्वां मदनो जह्यान्मृतेऽपि मयि मामकः ॥ इति मे निश्चितं विद्धि चेतः सुरसुतोपमे ॥ ४३ ॥ क्षमादयश्च मेदिन्यां शब्दाद्याश्चाम्बरे गुणाः ॥ ध्रुवं पङ्कजगर्भाभे त्वयि स्नेहस्तथा मम ॥ ४४ ॥ रुचिरग्नौ यथा दिव्या प्रभा चैव दिवाकरे ॥ कान्तिश्च शाश्वती चन्द्रे स्नेहस्त्वयि तथा मम ॥ ४५ ॥ एवंवादिनमात्मेष्टं सत्यभामा जनार्दनम् ॥ शनैरुवाच नेत्राभ्यां प्रमृज्य सुभगा जलम् ॥ ४६ ॥ मदीयस्त्वमिति ह्यासीन्मम नित्यं मनः प्रभो ॥ अद्य साधारणं स्नेहं त्वयि तावद्गताऽस्म्यहम् ॥ ४७ ॥ नाज्ञासिषमहं पूर्वमनित्यं कालपर्ययम् ॥ अद्य लोकगतिं कृत्स्नामवगच्छामि न ध्रुवम् ॥ ४८ ॥ अमृताया द्वितीयोऽपि जन्मौहि मम सर्वथा ॥ किमत्र बहुनोक्तेन हृदयं वेद्मि तेऽच्युत ॥ ४९ ॥ वाङ्मात्रमेव पश्यामि माधुर्यं संप्रयुज्यसे ॥ मयि स्नेहश्च कृतकस्तवान्यत्र न कृत्रिमः ॥ ५० ॥ ऋजुस्वभावां भक्तां च सर्वथा पुरुषोत्तम ॥ अवजानासि जानन्मां कैतवीं वृत्तिमास्थितः ॥५१॥ एतावत्खलु पर्याप्तं दृष्टं द्रष्टव्यमव्ययम् ॥ श्रुतं चाप्यथ यच्छ्राव्यं दृष्टः स्नेहफलोदयः ॥५२॥ यदि त्वहमनुग्राह्या मामनुज्ञातुमर्हसि ॥ तपस्येऽहं परं कृत्वा निश्चयं पुरुषोत्तम ॥ ५३ ॥ भर्तुश्छन्देन नारीणां तपो वा व्रतकानि वा ॥ निष्फलं खलु यद्भर्तुरच्छन्देन क्रियेत हि ॥ ५४ ॥ इतीदमुक्त्वा पुनरेव शोभना मुमोच तोयं नयनोद्भवं सती ॥ ग्रहाय पीतं हरिवाससः शुभा पटान्तमाधाय मुखे शुचिस्मिता ॥ ५५ ॥ इति

और मैं भी आपका सर्वस्व हूँ । किन्तु मैं और क्या कहूँ, आप स्वयं समझ सकते हैं कि मुझपर आपका कितना स्नेह है ॥४९॥ आप केवल वाणीसे मधुकी वर्षा करते हैं, किन्तु हृदयमें छल भरा रहता है । औरोंपर अलबत्ते आपका सच्चा प्रेम रहा करता है ॥ ५० ॥ हे पुरुषोत्तम ! मैं अत्यन्त सरल स्वभाववाली आपकी सेविका हूँ । इसी कारण आप मेरा अपमान करते हैं और मुझे अपमानित करनेके लिए ही विविध प्रकारके कपटका आश्रय लेते हैं ॥ ५१ ॥ अस्तु, मुझे जो देखना था सो देख चुकी और जो सुनना था सो सुन चुकी । अब कुछ भी देखना-सुनना बाकी नहीं है । मेरे स्नेहका बहुत अच्छा फल मुझे मिला है ॥ ५२ ॥ अब भी यदि आप मुझपर अनुग्रह कर सकते हों तो आज्ञा दीजिए । मैं कहीं जाकर तपस्या करूँ ॥५३॥ क्योंकि पतिकी आज्ञा बिना किया हुआ पत्नीका व्रत और तप निष्फल हो जाता है ॥५४॥ हे महाराज ! पतिपरायणा सत्यभामाने ऐसा कहकर भगवानका पल्ला पकड़ लिया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और मुँह ढाँककर नेत्रोंसे फिर अश्रुधारा बहाने लगीं ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायामष्टषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६८ ॥

(भगवानका सत्यभामाको आश्वासन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस समय प्रणयकुपिता एवं अभिमानिनी सत्यभामाको सम्बोन्धित करके श्रीकृष्ण बोले ॥ १ ॥ भगवानने कहा—हे कमलनयनी ! तुम्हारा दुःख देखकर मेरा शरीर जला जा रहा है । हे सर्वाङ्गसुन्दरी ! यदि मुझ अनुगत पतिके सुनने योग्य हो और कहनेमें कोई बाधा न हो तो तुम्हें मेरे प्राणोंकी शपथ है, तुम अपने दुखका कारण बताओ ॥ २ ॥ ३ ॥ तब सत्यभामा पहले ही की तरह मुख नीचा किये और आँखोंसे आँसू बहाती हुई बोलीं—हे आर्यपुत्र ! आपने स्वयं अपने मुखसे मेरे सौभाग्यकी सराहना की थी । इसी कारण यह बात समस्त विश्वमें विख्यात हो गयी है ॥ ४ ॥ ॥ मैं आपकी प्रियतमा हूँ, यह सोचकर ही मैं अपने सौभाग्यका

श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे अष्टषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ नारायणः सत्यभामां पुनरेवैष भारत ॥ प्रोवाच प्रणयात्क्रुद्धामभिमानवतीं सतीम् ॥ १ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ दहतीव ममाङ्गानि शोकः कमललोचने ॥ किमु तत्कारणं येन त्वमेवमतिविक्लवा ॥ २ ॥ शापिताऽसि मम प्राणैराचक्ष्वानत्ययो यदि ॥ श्रोतव्यं यदि भक्तेन भर्त्रा सर्वाङ्गशोभने ॥ ३ ॥ ततः प्रोवाच भर्तारं सत्या सत्यव्रते स्थितम् ॥ बाष्पगद्गदया वाचा तथैवाधोमुखी स्थिता ॥ ४ ॥ त्वयैव स्थापितं पूर्वं सौभाग्यं मम मानद ॥ जगत्यमलपत्राक्ष यत्ख्यातं केशिनाशन ॥ ५ ॥ शिरो वहामि चेष्टत्वात्तवाहं देव गर्विता ॥ सर्वसीमन्तिनीमध्ये स्पृहणीयाऽस्मि सर्वथा ॥६॥ साऽहमद्यावहास्यामि सपत्नीनां जनस्य च ॥ इति प्रेष्याभिराख्यातं श्रुत्वा तथ्यं ततस्ततः ॥७॥ यत्पारिजातकुसुमं दत्तवान्नारदस्तव ॥ तत्क्लिष्टजने दत्तं त्वयाऽहं परिवर्जिता ॥ ८ ॥ रत्नातिशयदानेन तस्यामभ्यधिकः किल ॥ स्नेहश्च बहुमानश्च प्रकाशं गमितस्त्वया ॥ ९ ॥ तामस्तौषीत्समक्षं ते प्रियां स किल नारदः ॥ तमश्रौषीच्च हृष्टस्त्वं प्रियायाः संस्तवं किल ॥ १० ॥ स्तोतव्यो यदि तावत्स नारदेन तवाग्रतः ॥ दुर्भगोऽयं जनस्तत्र किमर्थमनुशब्दितः ॥ ११ ॥ प्रणयस्य रसं दत्त्वा पश्चात्तापः प्रभो यदि ॥ अनुज्ञां मे प्रयच्छस्व तपः कर्तुं प्रसीद मे ॥१२॥ स्वप्नेनापि न दृष्टाऽहं श्रद्दध्यां पुष्करेक्षण ॥ यदन्यदेव निर्वृत्तमश्रौषं पश्यतस्तव ॥ १३ ॥ कामं कामोऽस्तु तस्यैव मुनेरतुलते-

गर्व मस्तकपर रखकर ढो रही हूँ और इसी कारण सब स्त्रियोंमें आदरणीया मानी जाती हूँ ॥६॥ किन्तु आज मैं अपनी सौतों तथा जनसाधारणके समक्ष उपहासास्पद बन गयी हूँ । मैंने दासियों द्वारा सुना है कि देवर्षि नारदने आपको एक पारिजात-पुष्प प्रदान किया था । सो मुझे त्यागकर आपने रत्नोंसे भी बहुमूल्य वह पुष्प अपनी प्रिय पत्नी रुक्मिणीको दे दिया है। इससे ज्ञात होता है कि आपका अधिकाधिक यत्न और स्नेह उन्हींपर है ॥७–९॥ देवर्षि नारदने आपके समक्ष उनकी प्रशंसा की और आपने उसे बड़ी प्रसन्नताके साथ सुना । इससे बढ़कर मेरे लिए दुर्भाग्यकी और कौनसी बात होगी ॥ १० ॥ ११ ॥ यदि पहले प्रणयरसकी वर्षा करके बादमें सन्ताप देना ही आपको अपेक्षित है तो आप कृपा करके मुझे तपस्या करनेकी अनुमति प्रदान करिए ॥ १२ ॥ मैं स्वप्नमें भी ऐसा नहीं समझती थी कि मेरे सिवाय आपका अन्य कोई प्रेमपात्र है । देवर्षि नारद उनकी यथेष्ट प्रशंसा करें । इसके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिए मुझे तनिक भी क्षोभ नहीं है। किन्तु आपके समक्ष ऐसी घटना घटी, यह सुनकर मुझे नितान्त दुःख है ॥ १३ ॥ १४ ॥ संसारके सभी अच्छे लोग सम्मानके लिए ही जीते हैं। अतएव जब आज मैं सम्मानसे भी वंचित हो गयी तो मेरे जीवनका प्रयोजन ही क्या रहा? ॥ १५ ॥ जिसके द्वारा मेरी रक्षा होती थी, उसीसे आज मेरे समक्ष भय उपस्थित है। जो अबतक मेरी रक्षा करता आ रहा था, वह आज मेरी रक्षा नहीं कर रहा है ॥१६॥ तब मेरे लिए और उपाय ही क्या है? हे देव! आपके द्वारा परित्यक्त होकर मैं कहाँ जाऊँगी? चन्द्रकिरणोंके अभावमें जो गति कुमुदिनीकी होती है, वही दुर्गति आज मेरे सम्मुख भी उपस्थित है ॥ १७ ॥ हे मानद! जब आपकी प्रिय होकर भी अब अप्रिय हो गयी हूँ, तो मैं अवश्य मोहवश देवताओंके समक्ष अपराधिनी मानी जाऊँगी ॥ १८ ॥ मैं आपकी प्रिय हूँ, यह सोचकर ही सदा इस वसन्त-कुसुम-विराजित रैवतक पर्वतपर विहार करना आनन्ददायक समझती थी। इस समय जब आपकी अप्रिय हो गयी तो अब मैं किस तरह इस पर्वतको देखूँगी? ॥ १९ ॥ अब मैं अभागिनी यहाँ रहकर पुष्पगन्धवाहो तथा कोकिलध्वनिमिश्रित

जसः ॥ अत्र मन्युस्तु मे देव सांनिध्यं तत्र तत्र यत् ॥ १४ ॥ मानार्थं जीव्यते लोके सद्भिरित्युक्तवानसि ॥ तदेवं सति नेच्छामि जीवितुं मान-
वर्जिता ॥ १५ ॥ ममाभवद्यतो रक्षा भयमद्य ततो मम ॥ सर्वतो रक्षते यो मां स मां नाद्याभिरक्षति ॥ १६ ॥ हा गतिं कां गमिष्यामि त्यक्ता देव
त्वया विभो ॥ कुमुद्वतीगतां नूनं गतिं यास्याम्यसंगता ॥ १७ ॥ किमकार्षमहं मोहादीश्वराणां प्रियाप्रियम् ॥ प्रिया भूत्वाऽप्रिया भूता यद्यहं तव
मानद ॥ १८ ॥ वसन्तकुसुमैश्चित्रं तदा रैवतकं गिरिम् ॥ प्रिया भूत्वाऽप्रिया भूता कथं द्रक्ष्याम्यहं पुनः ॥ १९ ॥ परपुष्टस्वनोन्मिश्रं पुष्पगन्धवहं
शुचिम् ॥ कथं नामानिलं द्वेष्या सेवेयं दुर्भगा सती ॥ २० ॥ जलक्रीडां तवाङ्कस्था देव कृत्वा महोदधौ ॥ कथं दौर्भाग्यमापन्ना पश्येयमपि
सागरम् ॥ २१ ॥ सात्राजिति प्रिया नान्या त्वत्तो मेऽस्तीति विद्धि माम् ॥ यदवोचः क्व तद्यानमथ वा कः स्मरिष्यति ॥ २२ ॥ यदद्राक्षीद्धि मां
श्वश्रूर्बहुमानेन नन्दिनी ॥ अवज्ञातां त्वया राज्ञीं नूनं दौर्भाग्यकर्शिताम् ॥ २३ ॥ किं नु गूढेन मे प्रेम्णा सुस्निग्धेनापि मानद ॥ यत्समानां
जनैर्देवो मां न पश्यति नित्यदा ॥२४॥ नाहं त्वां कितवं धूर्तमज्ञासिषमरिंदम ॥ अद्य ज्ञातोऽसि तत्पक्षचञ्चलो जनवञ्चकः ॥२५॥ स्वरवर्णेङ्गिता-
कारैर्निगूढो देव यत्नतः ॥ चौर ज्ञातोऽसि तत्पक्षवाङ्मात्रमधुरः शठः ॥ २६ ॥ एवमीर्ष्यावशं प्राप्तां देवीं सात्राजितीं हरिः ॥ अभिमानवतीं

वायुका सेवन किस प्रकार करूँगी ॥ २० ॥ आपकी गोदमें मैंने जिस समुद्रमें जलविहार किया था, अब अभागिन होकर मैं उस जलनिधिको कैसे देख सकूँगी? ॥ २१ ॥ आप प्रायः कहा करते थे—'हे सत्राजित्तनये! तुम्हारे सिवाय संसारमें और कोई भी मेरा प्रिय नहीं है।' अब आपकी वह बात कहाँ रही? अथवा मेरे मर जानेपर आपको उस बातका स्मरण कौन करायेगा ॥ २२ ॥ मेरी सास जो मुझे आनन्दपूर्ण नेत्रोंसे देखती थीं, अब आपके द्वारा अपमानित होनेपर भी क्या मुझे वे उसी प्रकार देखेंगी? ॥ २३ ॥ आपने जब मुझे साधारण लोगोंके समान भी नहीं समझा, तब मुखसे मीठी बातें करने तथा झूठा प्रेम दिखानेकी क्या आवश्यकता? ॥ २४ ॥ हे शत्रुसूदन! इतने दिनोंतक मैंने आपको ऐसा कपटी और धूर्त नहीं समझा था, किन्तु आज मालूम हो गया कि आप रुक्मिणीके पक्षपाती असाधारण जनवंचक तथा धूर्त हैं ॥ २५ ॥ स्वर, वर्ण, आकार और इंगित आदिके द्वारा आपको जाननेका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपाय नहीं है, किन्तु आज आप प्रकारान्तरसे चोर, वचनमात्रके मधुर और शठके रूपमें दिखायी दे रहे हैं ॥ २६ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्ण देवी सत्यभामाको अतिशय ईर्ष्यापरायण तथा अत्यधिक अभिमानिनी देखकर सान्त्वना भरी वाणीमें बोले—॥ २७ ॥ हे प्रिये! हे पद्मपलाशाक्षी! हे प्राणेश्वरी! ऐसी बातें न कहो। तुम मेरी सर्वस्व हो। अधिक क्या कहूँ। मैं सर्वथा तुम्हारा ही हूँ ॥ २८ ॥ देवर्षि नारदने रुक्मिणीको जो पारिजातपुष्प दिया है, उसका केवल सरलता, अनुरोध और मेरा प्रिय करना ही उद्देश्य था। इसमें कोई सन्देह नहीं है। हे सुहासिनी! मैं अनुरोध करता हूँ कि मेरे इस प्रथम अपराधको क्षमा कर दो ॥ २९ ॥ ३० ॥ हे कोपने! यदि पारिजात पुष्प पानेकी ही तुम्हारी अभिलाषा हो तो सत्य कहता हूँ कि वह पुष्प मैं स्वयं लाकर तुम्हें दूँगा ॥ ३१ ॥ मैं स्वर्गसे वृक्षराज पारिजातको लाकर तुम्हारे

देवः सान्त्वपूर्वमथाब्रवीत ॥ २७ ॥ मैवं पद्मपलाशाक्षि प्राणेश्वरि वद प्रिये ॥ किमत्र बहुनोक्तेन त्वदीयमवगच्छ माम् ॥ २८ ॥ तत्पारिजातकुसुमं
तस्या देवि ममाग्रतः ॥ नारदो मत्प्रियं कुर्वन्मुनिरक्लिष्टकर्मकृत् ॥ २९ ॥ दाक्षिण्यादानुरोधाच्च दत्तवान्नात्र संशयः ॥ प्रसीदैकापराधं मे मर्षयस्व
शुचिस्मिते ॥३०॥ पारिजातकपुष्पाणि यदीच्छस्यतिकोपने ॥ तदा दातास्मि सुश्रोणि सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ॥३१॥ स्वर्गास्पदादानयित्वा पारिजातं
द्रुमेश्वरम् ॥ गृहे ते स्थापयिष्यामि यावत्कालं त्वमिच्छसि ॥३२॥ एवमुक्ता तु हरिणा प्रोवाच हरिवल्लभा ॥ यद्येवं स द्रुमः शक्यस्त्विहानयितुमच्युत
॥ ३३ ॥ मन्युरेष प्रमृष्टो हि भवेद्बहुगुणं मम ॥ सीमन्तिनीनां सर्वासामधिका स्यामधोक्षज ॥ ३४ ॥ तथाऽस्तु प्रथमः कल्प इति तां मधु-
सूदनः ॥ प्रोवाचाप्रतिमो देवो जगतः प्रभवाप्ययः ॥ ३५ ॥ तथेत्युक्तेति कृष्णेन तुतोष समितिञ्जयः ॥ सत्यभामा सतामिष्टा कंसनाशनवल्लभा
॥ ३६ ॥ ततः स्नातो जगन्नाथः सर्वेशः सर्वभावनः ॥ चकारावश्यकं सर्वं सर्वकामप्रदः सताम् ॥३७॥ दध्यौ च नारदं देवः स्नातो देवमुनिर्नृप ॥
अभ्याजगाम स्नानान्ते मुनिश्रेष्ठो महोदधौ ॥ ३८ ॥ तमागतं नरपते सतां गतिरधोक्षजः ॥ सत्यया सह धर्मात्मा यथाविधि अपूजयत् ॥ ३९ ॥
पादौ प्रक्षालयांचक्रे मुनेः सात्राजिती स्वयम् ॥ जलं देवः स्वयं कृष्णो भृङ्गारेण ददौ तदा ॥ ४० ॥ अथोपकल्पयामास सुखासीनाय केशवः ॥

महलमें स्थापित कर दूँगा। तब जबतक इच्छा हो, उसे अपने पास रखना ॥ ३२ ॥ भगवानके ऐसा कहनेपर देवी सत्यभामा बोलीं—देव! यदि आप पारिजात वृक्षको यहाँ ला सकते हैं तो फिर मेरे क्षोभका कोई कारण नहीं रहा। बल्कि इससे तो हमारा अभीष्ट ही सिद्ध होगा और मैं संसारकी सब स्त्रियोंमें श्रेष्ठ कहलाकर प्रशंसित होऊँगी ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ हे महाराज! जगत्की सृष्टि और प्रलयके मूल कारण और अतुल्य मूर्ति भगवान कृष्णके 'तो ऐसा ही होगा।' यह कहनेपर सत्यभामाकी खुशीका कोई ठिकाना नहीं रहा ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ तदनन्तर सर्वात्मा और सर्वभावन कृष्णने स्नान आदि नित्य कर्म समाप्त करके देवर्षि नारदका ध्यान किया। ध्यान करते ही देवर्षि समुद्रके जलमें स्नान करके भगवानके सम्मुख आ उपस्थित हुए ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ आते ही भगवान कृष्ण और सत्यभामाने उनका विधिवत् स्वागत-सत्कार किया ॥ ३९ ॥ भगवान कृष्णने झारी लेकर जल डाला और स्वयं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सत्यभामाने उनके पैर धोये ॥४०॥ जब देवर्षि नारद आनन्दपूर्वक आसनपर विराजमान हो गये, तब जगद्गुरु भगवान श्रीकृष्णने स्वयं परोसकर उन्हें खीरका भोजन कराया ॥४१॥ उदारबुद्धि, वाग्मिवर तथा तपोधन नारद भगवान द्वारा इस प्रकार सत्कृत होकर बड़ी श्रद्धाके साथ भोजन करने लगे ॥४२॥ इस प्रकार दिव्य भोजनसे परितृप्त होकर नारदजीने आचमन तथा हस्तप्रक्षालन किया। तदनन्तर हाथमें जल लेकर उन्होंने श्रीकृष्णको आशीर्वाद दिया। भगवानने भी बड़ी श्रद्धाके साथ उसे स्वीकार किया और महारानी सत्यभामाने मस्तक झुकाकर उन्हें प्रणाम किया। तब देवर्षिने दाहिने हाथमें जल ले तथा कमलनयनी सत्यभामाको सम्बोधित करते हुए कहा—॥ ४३ ॥ ४४ ॥ हे देवि ! आप इस समय जिस प्रकार पतिपरायणा हैं, उसी प्रकार मेरे तपोबलसे भविष्यमें भी पतिप्रिया बनी रहें। बल्कि इस समयसे भी अधिक आपकी सौभाग्यवृद्धि हो ॥ ४५ ॥ मुनिवर नारदके ऐसा कहनेपर

परमान्नं स मुनये प्रयतात्मा जगद्गुरुः ॥ ४१ ॥ तल्लोककर्त्रा सत्कृत्य दत्तं मुनिरुदारधीः ॥ बुभुजे वदतां श्रेष्ठः श्रद्धया परया युतः ॥ ४२ ॥
उपस्पृश्य ततस्तृप्तः प्रददौ चाशिषः प्रभो ॥ ताश्च प्रीतेन मनसा प्रतिजग्राह केशवः ॥ ४३ ॥ ततः सात्राजितीं देवीं प्रणतां नारदोऽब्रवीत् ॥
प्रसार्य दक्षिणं हस्तं सजलं जलजेक्षणाम् ॥ ४४ ॥ यथेदानीं तथैव त्वं भव देवि पतिव्रता ॥ सविशेषं च सुभगा भव मत्तपसो बलात् ॥ ४५ ॥
इत्युक्ता मुनिमुख्येन सत्यभामा हरिप्रिया ॥ उत्तस्थौ महता युक्ता हर्षेण तु नराधिप ॥ ४६ ॥ स कृष्णोऽप्यभ्यनुज्ञां तु लब्ध्वा मुनिवरात्तदा ॥
बुभुजे विघसं धीमानप्रमेयपराक्रमः ॥ ४७ ॥ ततस्त्वावश्यकं कृत्वा सत्यभामाऽपि भारत ॥ अनुज्ञया तदा भर्तुर्विवेशान्तर्गृहं मुदा ॥ ४८ ॥
ततो विनिर्गता देवी कृष्णस्यैवाभ्यनुज्ञया ॥ स्थिता पार्श्वे च कृष्णस्य नमस्कृत्वा महात्मने ॥ ४९ ॥ ततो मुहूर्तमासित्वा नारदः कृष्णमब्रवीत् ॥
आपृच्छे त्वां गमिष्यामि शक्रलोकमधोक्षज ॥ ५० ॥ तत्राद्यं देवमीशानं नमस्कृत्य महेश्वरम् ॥ गास्यन्ति देवगन्धर्वास्तथैवाप्सरसां गणाः
॥ ५१ ॥ मासि मास्युचितं ह्येतन्महेन्द्रसदने प्रभो ॥ पूजार्थं देवदेवस्य गान्धर्वं नृत्यमेव च ॥ ५२ ॥ अन्तर्हितो देवदेवः सोमः सप्रवरो विभुः ॥
पश्यत्यमरमुख्येन कृतं भक्त्याऽद्रिघातिना ॥ ५३ ॥ निमन्त्रितोऽहं पूर्वेद्युः पुष्पं दत्तं महाद्युते ॥ पारिजातस्य भद्रं ते तरुराज्ञो महात्मनः ॥ ५४ ॥

उसी समय भगवान कृष्ण देवर्षिकी अनुमति प्राप्त करके उनके भोजनसे बचा अन्न स्वयं भोजन करने लगे ॥ ४७ ॥ तदनन्तर कृष्णप्रिया सत्यभामा आनन्दसे परिपूर्ण हो गयीं ॥४६॥ सत्यभामा भी आवश्यक कार्य सम्पन्न करके श्रीकृष्णकी अनुमतिसे परम प्रसन्नतापूर्वक भोजन करनेके लिए घरमें गयीं ॥ ४८ ॥ भोजनोपरान्त वे पुनः बाहर निकल आयीं और देवर्षिको नमस्कार करके भगवानकी बगलमें बैठ गयीं ॥ ४९ ॥ कुछ देर बाद देवर्षिने भगवान कृष्णको सम्बोधित करके कहा—हे अधोक्षज ! यदि आप आज्ञा दें तो अब मैं यहाँसे इन्द्रलोकको जाऊँ ॥ ५० ॥ वहाँपर देवता, गन्धर्व और अप्सरागण देवादिदेव शंकर भगवानको नमस्कार करके संगीतका अनुष्ठान करेंगे ॥ ५१ ॥ देवदेव श्रीशिवजीकी पूजाके उपलक्ष्यमें प्रतिमास देवराज इन्द्रके भवनमें नृत्य-गीत हुआ करता है ॥ ५२ ॥ भगवती पार्वती तथा अपने पारिषदोंके साथ शंकर भगवान अन्तर्हित भावसे पर्वतघाती इन्द्रके द्वारा अनुष्ठित पूजा समा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गेहको देखते हैं ॥ ८३ ॥ मुझे तो कल ही तरुराज पारिजातका पुष्प देकर देवेन्द्रने निमन्त्रित किया हैं ॥ ८४ ॥ हे विभो ! आपके लिए ही मैं स्वर्गसे यह पुष्प लाया हूँ। यह पुष्प वृक्षराजकी सम्पत्ति तथा देवताओंका उपभोग्य धन है ॥ ५५ ॥ हे कमललोचन ! देवी इन्द्राणी उस वृक्षका बहुत आदर करती हैं। क्योंकि नित्य नियमितरूपसे उसका पूजन करनेपर सौभाग्यकी वृद्धि होती है ॥ ५६ ॥ परम धर्मात्मा कश्यपने अदितिके पुण्यव्रतका साधन करनेके निमित्त उस पारिजात वृक्षकी सृष्टि की थी ॥ ५७ ॥ पूर्वकालमें अदितिने तपोनिधि महात्मा कश्यपको प्रसन्न करके वरदान माँगते हुए कहा था—हे मुनिवर ! जिससे मैं अभिलषित आभूषणोंसे आभूषित हो सकूँ, जिससे मेरी सौभाग्यलक्ष्मी बराबर बढ़ती रहे, जिससे मेरे इच्छा करते ही नृत्य-गीतादि संगीत होने लगें, जिससे चिरकालतक मेरा यौवन स्थिर रहे, जिससे मैं सदा धर्मपरायणा तथा पतिव्रता बनी रहूँ और जिससे मुझे कभी कोई रोग-शोक

यदेतदाहृतं स्वर्गात्त्वदर्थं तु मया विभो ॥ देवोपभोग्यमेतद्धि तरुराजसमुद्भवम् ॥ ५५ ॥ इष्टः स वृक्षः सततं शच्याः पुष्करलोचन ॥ सौभाग्यमावहत्येव पूज्यमानोऽपि नित्यशः ॥ ५६ ॥ पुण्यं कर्तुं तदा सृष्टः पारिजातो महाद्रुमः ॥ अदित्या धर्मनित्येन कश्यपेन महात्मना ॥ ५७ ॥ पुराऽदित्या महातेजास्तोषितः किल कश्यपः ॥ वरेण च्छन्दयामास मारीचस्तपसो निधिः ॥ ५८ ॥ सोवाच सुभगा येन भवेयं मुनिसत्तम ॥ स्वलंकृता कामतश्च सर्वैरेव विभूषणैः ॥ ५९ ॥ ईप्सितं गीतनृत्यं च भवेन्मम तपोधन ॥ कुमारी नित्यदा चैव भवेयं तपसो निधे ॥ ६० ॥ विरजा शोकरहिता भवेयमिति नित्यदा ॥ पतिभक्तिमती चैव धर्मशीला तथैव च ॥ ६१ ॥ पारिजातं ततोऽस्राक्षीददित्याः प्रियकाम्यया ॥ सर्वकामप्रदैः पुष्पैरावृतं नित्यगन्धदैः ॥ ६२ ॥ त्रिशाखं सर्वदा दृश्यं सर्वभूतमनोहरम् ॥ सर्वपुष्पाणि दृश्यन्ते तस्मिन्नेव महाद्रुमे ॥ ६३ ॥ ईदृशान्यपि पुष्पाणि बिभर्त्येकापि रूपिणी ॥ बहुरूपाणि चाप्यन्या पद्मानि च ततोऽपरा ॥ ६४ ॥ मन्दारादपि वृक्षाच्च सारमुद्धृत्य कश्यपः ॥ तस्मादेष तरुश्रेष्ठः सर्वेषां श्रेष्ठतां गतः ॥ ६५ ॥ ततस्तत्र निबध्याथ कश्यपं प्रददौ शुभा ॥ अदितिर्मम पुण्यार्थं सौभाग्यार्थं तथैव च ॥ ६६ ॥ अदित्या कश्यपो दत्तः पुण्यार्थं च तथा मम ॥ पुष्पदाम्ना वेष्टयित्वा कण्ठे पुण्यार्थमात्मवान् ॥ ६७ ॥ निष्क्रयेण मया मुक्तः कश्यपस्तु तपो-

न स्पर्श कर सके, आप शीघ्र कोई ऐसा उपाय कर दीजिए ॥ ५८–६१ ॥ देवमाता अदितिके ऐसा कहनेपर तपोधन कश्यपने अपनी पत्नीकी कामना पूर्ण करनेके लिए सबका मन हर लेनेवाला, तीन शाखाओंयुक्त एवं सुन्दर पारिजात वृक्षकी सृष्टि की। एकमात्र उसी महावृक्षमें नित्य सुगन्ध देनेवाले सब प्रकारके फूल खिला करते हैं ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ उसकी एक शाखामें एक प्रकारका पुष्प, दूसरी शाखामें कमल तथा तीसरी शाखामें विविध प्रकारके अन्य फूल खिलते हैं ॥ ६४ ॥ महर्षि कश्यपने मन्दार वृक्षका सारभाग लेकर उस पारिजात वृक्षकी सृष्टि की थी। इसी कारण वह सब वृक्षोंसे श्रेष्ठ मान लिया गया है ॥ ६५ ॥ कुछ समय बाद देवमाता अदितिने अपने पुण्य और सौभाग्यकी अभिवृद्धिके लिए उसी वृक्षकी जड़में पुष्पमाल्यसे महात्मा कश्यपको बाँधकर मुझे दे दिया था ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ तब मैंने निष्क्रयस्वरूप कुछ द्रव्य लेकर कश्यपको मुक्त कर दिया। ठीक इसी प्रकार इन्द्राणीने भी अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुण्य और सौभाग्यवृद्धिके लिए इन्द्रको, रोहिणीने चन्द्रमाको एवं ऋद्धिने कुबेरको उक्त वृक्षकी जड़में बाँधकर मुझे दान दिया था। अतएव पारिजात इस प्रकार सौभाग्यप्रद वृक्ष है। इसमें कोई सन्देह नहीं करना चाहिए ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ गङ्गाजीसे उत्पन्न होनेके कारण वह 'पारिजात' कहलाता है। उसमें मन्दारके पुष्प खिलते हैं, अतएव वह 'मन्दार' नामसे भी संसारमें विख्यात है ॥ ७० ॥ कोई-कोई व्यक्ति उसके उपर्युक्त नाम न जाननेके कारण उस पारिजातको 'दारु' नाम भी दे दिया करते हैं। इसी कारण उसका एक नाम 'कोविदार' भी है ॥ ७१ ॥ जो भी हो, वह कुसुमरत्न जिस वृक्षकी सम्पत्ति है उसे लोग मन्दार, कोविदार और पारिजात इन तीन नामोंसे जानते हैं ॥ ७२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ६९ ॥

धनः ॥ इन्द्रो दत्तस्तथेन्द्राण्या सौभाग्यार्थं ततो मम ॥ ६८ ॥ सोमश्चाप्यथ रोहिण्या ऋद्ध्या च धनदस्तथा ॥ एवं सौभाग्यदो वृक्षः पारिजातो न संशयः ॥ ६९ ॥ पारिजातो विष्णुपद्याः पारिजातेति शब्दितः ॥ मन्दारपुष्पैर्युक्तो मन्दारस्तेन कथ्यते ॥ ७० ॥ कोऽप्ययं दारुरित्याहुरजानन्तो यतो जनाः ॥ कोविदार इति ख्यातस्ततः स सुमहातरुः ॥ ७१ ॥ मन्दारः कोविदारश्च पारिजातश्च नामभिः ॥ स वृक्षो ज्ञायते दिव्यो यस्यैतत्कुसुमोत्तमम् ॥७२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे एकोनसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ६९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो जिगमिषुं तत्र नारदं मुनिसत्तमम् ॥ प्रोवाच भगवान्विष्णुरप्रमेयपराक्रमः ॥ १ ॥ महर्षे धर्मतत्त्वज्ञ स्वर्गं गत्वा त्वयाऽनघ ॥ दृष्ट्वा सदस्यान्देवस्य त्रिपुरघ्नस्य धीमतः ॥ २ ॥ अनाज्ञया मद्वचनाद्विज्ञाप्यः पाकशासनः ॥ संभावयित्वा भ्रातृत्वं पौराणं वेत्सि यन्मुने ॥ ३ ॥ यमसाक्षीन्मुनिश्रेष्ठो भगवान्कश्यपस्तरुम् ॥ पारिजातं पुराऽदित्याः सुखार्थं धर्मसत्तमः ॥ ४ ॥ स पुण्यमतिसौभाग्यं ददाति तरुसत्तमः ॥ तव दत्तं पुरा दानं व्रतेन तरुसत्तमम् ॥ ५ ॥ देवीभिर्धर्मनित्याभिर्धर्मार्थममरोत्तम ॥ दत्तं श्रुत्वाऽभिकांक्षन्ति दातुं पत्न्यो मम प्रभो ॥ ६ ॥ पुण्यार्थं दानधर्मार्थं मम प्रीत्यर्थमेव च ॥ अनाययद् द्वारवतीं पारिजातं महाद्रुमम् ॥ ७ ॥ दत्ते दाने पुनः स्वर्गं तरुं त्वं नेतुमर्हसि ॥ स

(नारद-कृष्ण-सम्वाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर देवर्षि नारदने जब विदा माँगी, तब अपरिमित पराक्रमी भगवान कृष्णने उन्हें सम्बोधित करके कहा—॥१॥ हे महर्षे ! हे धर्मतत्त्वज्ञ ! आप स्वर्गमें जाकर भगवान त्रिपुरारि और उनके सदस्योंका दर्शन करिए ॥ २ ॥ उसके बाद देवराज इन्द्रसे मेरा सन्देश इस ढंगसे कहिए कि उसे वे आज्ञा न मानकर अनुरोध मानें। मैं देवराज इन्द्रका पुरातन भ्राता हूँ, यह तो आप जानते ही हैं। सो उस भ्रातृत्वका स्मरण दिलाते हुए उनसे कहिए कि मुनिश्रेष्ठ कश्यपने पूर्व समयमें देवमाता अदितिके कल्याणार्थ जिस पारिजात वृक्षकी सृष्टि की थी, मैंने सुना है कि उसका दान करनेसे पुण्य और सौभाग्यकी वृद्धि होती है। अदिति प्रभृति धर्मपरायणा देवियोंने व्रतके उपलक्ष्यमें वह वृक्ष आपको दान करके दिया था, किन्तु आपने उसे पुनः उन्हें लौटा दिया है। उसकी महिमा सुनकर पुण्य, दान-धर्म तथा मुझे प्रसन्न करनेके विचारसे हमारी पत्नियाँ भी वह वृक्ष दान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करना चाहती हैं। अतएव वह पारिजात महावृक्ष आप यहाँ भेज दें ॥ ३–७ ॥ मेरी पत्नियोंके दान कर लेनेपर वे उसे पुनः स्वर्गमें मँगवा लेंगे। आप देवेन्द्रसे इस तरह बात करिएगा कि जिससे वे उसे भेजनेको सहमत हो जायँ ॥ ८ ॥ ९ ॥ इसी अवसरपर आपके दौत्य कार्यकी क्षमता देखी जायगी। मेरी ऐसी मान्यता है कि आपके द्वारा सब कार्य सिद्ध हो सकते हैं ॥ १० ॥ भगवान कृष्णके वचन सुनकर देवर्षि नारद कुछ हँसकर बोले—॥ ११ ॥ हे यदुपुङ्गव ! मैं देवराज इन्द्रसे आपका सन्देश कह दूँगा, किन्तु मेरा ऐसा ध्यान है कि वे किसी तरह पारिजातको न देंगे ॥ १२ ॥ पूर्वकालमें देवों और दानवोंने पर्वतोत्तम मन्दराचलसे समुद्रको मथकर पारिजात प्राप्त किया था ॥ १३ ॥ तदनन्तर लोककर्ता श्रीशंकर भगवानने मन्दराचलपरसे उसे लानेको गण भेजे थे ॥ १४ ॥ तब देवेन्द्र स्वयं शिवजीके पास गये और कहा—भगवन् ! पारिजातको मैं इन्द्राणीका क्रीड़ावृक्ष बनाना चाहता हूँ। अतएव

वाच्य एवं भगवान्बलभिद्भगवंस्त्वया ॥८॥ तथा तथा प्रयत्नश्च कार्योऽस्मिन्मुनिसत्तम ॥ यथा तरुवरं दद्यात्पारिजातं सुरेश्वरः ॥ ९ ॥ तत्र दूतगुणं
तावत्पश्यामस्ते तपोधन ॥ संभाव्या सर्वकृत्यानां संपद्धि त्वयि मे मता ॥ १० ॥ एवं नारायणेनोक्तो नारदो भगवानृषिः ॥ प्रहस्योवाच
केशिघ्नमिदं वाक्यं तपोधन ॥ ११ ॥ बाढमेवं प्रवक्ष्यामि यदुमुख्य सुरेश्वर ॥ न तु दास्यति देवेन्द्रः पारिजातं कथंचन ॥ १२ ॥ मन्दरं पर्वतश्रेष्ठं
दानवैस्त्रिदशैस्तथा ॥ निक्षिप्य तोयधौ पूर्वं पारिजातः समाहृतः ॥ १३ ॥ मन्दरात्पर्वतश्रेष्ठान्नयितुं प्रेषितः पुरा ॥ पारिजातं हरेणापि लोककर्त्रा
जनार्दन ॥ १४ ॥ स्वयं विज्ञापितो गत्वा ततः शक्रेण शंकरः ॥ आक्रीडद्रुम उद्याने शच्याः स्यादिति याचितः ॥ १५ ॥ तथाऽस्त्विति वरो दत्तो
महादेवेन चानघ ॥ न च नीतः पारिजातो मन्दरं चित्रकन्दरम् ॥ १६ ॥ क्रीडावृक्षः स शच्येति व्यपदेशेन मोक्षितः ॥ महेन्द्रेण महाबाहो पारि-
जातस्ततः पुरा ॥ १७ ॥ प्रियार्थमुमया साक्षात्पारिजातवनं हरः ॥ गव्यूतिशतविस्तीर्णं मन्दरस्यैव कन्दरम् ॥ १८ ॥ न तत्र सूर्यभाः कृष्ण प्रवि-
शन्ति नगोत्तमे ॥ न च चन्द्रप्रभा शीता नैव कृष्ण सदागतिः ॥ १९ ॥ शीतोष्णे छन्दतस्तत्र शैलपुत्र्या भवन्ति ह ॥ स्वयंप्रभं वनं तद्धि
महादेवस्य तेजसा ॥ २० ॥ वर्जयित्वा महादेवौ सगणौ यदुनन्दन ॥ मां चान्यस्तद्वनं दिव्यं च प्रयाति कथंचन ॥ २१ ॥ स्रवन्ति तत्र वार्ष्णेय

दया करके यह वृक्ष आप मुझे दे दीजिए ॥१५॥ तब 'तथास्तु' कहकर शिवजीने उनकी बात मान ली। उसके बाद फिर कभी पारिजातके मन्दराचलपर स्थापनकी चर्चा नहीं चली ॥१६॥ हे महाबाहो ! उस समय देवराजने इस प्रकार इन्द्राणीके क्रीड़ावृक्षका प्रसङ्ग लाकर श्रीशिवजीके पाससे उस वृक्षका उद्धार किया ॥ १७ ॥ तदनन्तर भगवान् शूलपाणिने भगवती उमाको प्रसन्न करनेके लिए मन्दराचलकी कन्दरामें ही दो सौ कोस विस्तृत एक स्वतन्त्र पारिजातवनकी सृष्टि कर डाली ॥१८॥ वह वन इतना सघन था कि उसके भीतर सूर्यकी किरणें, चन्द्रमाकी प्रभा तथा वायुकी भी पहुँच नहीं थी ॥१९॥ वहाँ भगवती पार्वतीकी इच्छाके अनुसार ही शैत्य तथा उष्णता आती है। शंकर भगवानके तेजसे वह वन 'स्वयंप्रभ' बना हुआ है ॥२०॥ वहाँ देवी पार्वती, स्वयं महादेव, उनके पारिषद प्रमथगण तथा मैं (नारद), इनके सिवाय और कोई भी व्यक्ति किसी तरह नहीं जा सकता ॥ २१ ॥ उस वनके वृक्षोंसे चारों ओर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाना प्रकारके मनोवांछित रत्नोंकी वर्षा जैसी होती रहती है ॥ २२ ॥ इन्द्रके पारिजातकी अपेक्षा उस पारिजातवनका गुण, सौरभ और प्रभा कई गुनी अधिक है ॥ २३ ॥ २४ ॥ वे वृक्ष मूर्तिमान् होकर शंकर भगवान तथा उनके प्रमथगणोंकी उपासना किया करते हैं ॥ २५ ॥ उस मन्दर पर्वतपर जितने भी मन्दारवृक्ष हैं, वे सब शिवजीके प्रभावसे सदा सुखी रहते हैं और पार्वतीजी उनपर बड़ा स्नेह रखती हैं ॥ २६ ॥ एक बार महाबली, परम पराक्रमी, वरप्राप्तिसे दर्पित और पापाशय अन्धकासुर उस वनमें प्रविष्ट हुआ ॥ २७ ॥ वह वृत्रासुरसे दसगुना अधिक बलवान् था । अतएव उसे कोई मार नहीं सकता था । किन्तु मन्दारवनमें प्रवेश करनेके कारण शत्रुका संहार करनेवाले देवदेव शंकर भगवानने उसे मार डाला ॥ २८ ॥ अतएव मेरा मन कहता है कि आपको पारिजात वृक्ष प्राप्त होना कठिन है । इतने दुःखसे प्राप्त उस वृक्षको देवराज कदापि न देंगे । यह मैं आपसे सत्य कह रहा हूँ ॥२९॥ वह इन्द्रा-

पारिजाताः समन्ततः ॥ सर्वरत्नानि मुख्यानि मनसा काङ्क्षितानि वै ॥ २२ ॥ गणास्तान्युपभुञ्जन्ति प्रवराणां महात्मनाम् ॥ आज्ञया देवदेवस्य
लोकनाथस्य केशव ॥ २३ ॥ पारिजाताद्बहुगुणं फलं तेषां तथा वनम् ॥ अभिमानं प्रभाश्चैव गुणा भूरिगुणास्तथा ॥ २४ ॥ मूर्तिमन्तश्च ते वृक्षाः
सोमं देवं वृषध्वजम् ॥ उपतिष्ठन्ति सततं प्रवरैः सह केशव ॥ २५ ॥ रौद्रेण तेजसा जुष्टा दुःखैर्हीनाः सुखान्विताः ॥ तरवो मन्दरे ते हि दयिताः
शैलकन्यया ॥ २६ ॥ प्रविवेशान्धको नाम घोरस्तत्र महाबलः ॥ दैतेयो वरदानेन दर्पितः पापनिश्चयः ॥ २७ ॥ स हतो देवदेवेन हरेणामित्रघा-
तिना ॥ अवध्यः सर्वभूतानां वृत्राद्दशगुणं बली ॥ २८ ॥ एवं न दुःखं ते देव पारिजातं प्रदास्यति ॥ पुष्कराक्ष सहस्राक्षः सत्यमेतद्ब्रवीमि ते
॥ २९ ॥ सततं सहितो देव्या शच्या स हि वरद्रुमः ॥ सर्वकामप्रदः कृष्ण तथेन्द्राय महौजसे ॥ ३० ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ मुने तद्युज्यते साधु
महादेवेन धीमता ॥ यच्छचीकारणं कृत्वा न नीतः स तरुः पुरा ॥ ३१ ॥ स ज्येष्ठः सर्वभूतानां लोककृत्प्रभवोऽव्ययः ॥ पारावर्यस्य सदृशं कृत-
वानिति मे मतिः ॥ ३२ ॥ अहं यवीयान्देवस्य सर्वथा बलघातिनः ॥ लालनीयश्च भगवञ्जयन्त इव सत्तम ॥ ३३ ॥ सर्वथा भगवांस्तावदुपायैर्बहु-
विस्तरैः ॥ करोतु यत्नं प्रीत्यर्थं शक्तो ह्यसि तपोधन ॥ ३४ ॥ मया मुने प्रतिज्ञातं पुण्यार्थं सत्यभामया ॥ स्वर्गादिहानयिष्यामि पारिजातमिति
प्रभो ॥३५॥ मया तदनृतं कर्तुं कथं शक्यं तपोधन ॥ नानृतं हि वचो विप्र प्रोक्तं पूर्वं मयाऽनघ ॥३६॥ मयि भग्नप्रतिज्ञे वै लोकानां विप्लवो भवेत् ॥

णीको बहुत प्रिय है और उसके द्वारा इन्द्र तथा इन्द्राणी दोनोंकी कामनायें पूर्ण होती हैं ॥ ३० ॥ नारदके वचन सुनकर भगवान कृष्ण बोले—हे मुनिराज ! पूर्वकालमें इन्द्राणीके ही अनुरोधपर शंकर भगवान उसे स्वर्गसे मन्दर पर्वतपर नहीं ले गये, इससे उनकी उदारता प्रकट होती है ॥ ३१ ॥ श्रीशंकर भगवान सृष्टि-स्थिति-प्रलयके मूल कारण और सर्वश्रेष्ठ हैं, यह कार्य उनके अनुरूप ही हुआ है । ऐसा मेरा विश्वास है ॥ ३२ ॥ हे भगवन् ! मैं बलदैत्यनाशक देवराज इन्द्रका छोटा भाई हूँ । अतएव मुझे उनके पुत्र जयन्तकी तरह स्नेहप्राप्तिका अधिकार है ॥ ३३ ॥ और फिर संसारमें ऐसा कोई काम नहीं है कि जिसे आप न कर सकें । अतएव जिस किसी भी उपायसे मेरा उद्देश्य सिद्ध हो सके, वह उपाय अवश्य करिए ॥ ३४ ॥ मैंने प्रतिज्ञा की है कि सत्यभामाके पुण्यसाधनके निमित्त जैसे भी होगा, स्वर्गसे पारिजात वृक्षको यहाँ लाऊँगा ॥३५॥ अब मैं अपनी प्रतिज्ञाको कैसे टालूँ ? आजतक मैंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कभी कोई झूठी बात नहीं कही ॥३६॥ यदि मेरी प्रतिज्ञा झूठी होगी तो जनसाधारणमें झुठाईका प्रवेश हो जायगा। और फिर जब कि मैं ही लोगोंका धर्मपथ-प्रदर्शक हूँ, तब मैं झूठ कैसे बोलूँगा। मेरे मिथ्या भाषणसे संसारमें विप्लव उपस्थित हो जायगा ॥३७॥ अतएव देवता, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, असुर और पन्नग इनमेंसे कोई भी मेरी प्रतिज्ञाको भंग नहीं कर सकता ॥ ३८ ॥ यदि आपके प्रार्थना करनेपर भी इन्द्र पारिजात न देंगे तो इन्द्राणी उनके जिस वक्षःस्थलपर चन्दनका लेप लगाती हैं, उसी वक्षःस्थलपर मैं गदाका प्रहार करूँगा ॥ ३९ ॥ आप जाकर उनसे अनुनयपूर्वक प्रार्थना करिए। फिर भी वे यदि आपकी प्रार्थनासे पारिजात न प्रदान करेंगे तो आप निश्चित समझिए कि मैं स्वयं वहाँ जाकर अपना प्रयोजन सिद्ध करूँगा ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७० ॥

यन्मया हि मुनिश्रेष्ठ लोकधर्मा गुणान्विताः ॥ परिधार्याः स्थितौ सर्वे स कथं ह्यनृतं वदेत् ॥ ३७ ॥ न देवगन्धर्वगणा न राक्षसा न चासुरा नैव च यक्षपन्नगाः ॥ मम प्रतिज्ञामपहन्तुमुद्यता मुने समर्थाः खलु भद्रमस्तु ते ॥ ३८ ॥ स पारिजातं यदि न प्रदास्यति प्रयाच्यमानो भवता-ऽमरेश्वरः ॥ ततः शचीव्यामृदितानुलेपने गदां विमोक्ष्यामि पुरंदरोरसि ॥ ३९ ॥ इति प्रवाच्यो यदि सामपूर्वकं प्रयाच्यमानो न तरुं प्रयच्छति ॥ सुनिश्चयं मद्गमनाय सर्वथा त्वयाऽपि कार्यः खलु तत्र निश्चयः ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे नारद-कृष्णभाषणं नाम सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ नारदोऽथ मुनिर्गत्वा महेन्द्रसदनं प्रति ॥ तां रात्रिमवसत्तत्र ददृशे च महोत्सवम् ॥ १ ॥ तत्रादित्या महात्मानो वसवश्च सुरोत्तमाः ॥ राजर्षयश्च विद्वांसः स्वर्गताः कर्मभिः शुभैः ॥ २ ॥ नागा यक्षाश्च सिद्धाश्च चारणाश्च तपोधनाः ॥ ब्रह्मर्षयश्च शतशो देवर्षिमनवस्तथा ॥ ३ ॥ सुपर्णाश्च महात्मानो मरुतश्च महाबलाः ॥ दिवौकसां निकायाश्च शतशोऽन्ये समागताः ॥ ४ ॥ उपर्युपरि सर्वेषां सोमो देवो महेश्वरः ॥ तस्थावमितविक्रान्तः स्वैर्गणैः परिवारितः ॥ ५ ॥ देवर्षिभिर्मुनिश्रेष्ठैः संवृतः सर्वभावनः ॥ कल्पान्तरसहस्रेषु क्षयो येषां न विद्यते ॥ ६ ॥ यानर्चयन्ति सततं देवा देवेश्वरोपमाः ॥ आत्मज्ञा नावलेपान्धा ये च धर्मपथि स्थिताः ॥ ७ ॥ रुद्राश्च काश्यपा देवमध्युपासन्त

(इन्द्रकी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर देवर्षि नारद इन्द्रभवन गये और उस रात्रिमें वहाँ ही रहकर महोत्सव देखने लगे ॥ १ ॥ उन्होंने देखा कि आदित्यगण, सुरोत्तम वसुगण, कर्मफलभोक्ता स्वर्गगत राजर्षिगण एवं नाग, यक्ष, सिद्ध, चारण, तपस्वी, देवर्षि, मनु, सुपर्ण, महाबली मरुत् और असंख्य स्वर्गवासी गण वहाँ एकत्र हैं ॥ २–४ ॥ उन सबके बीच उच्च सिंहासनपर अमित पराक्रमी शंकर भगवान अपने गणोंसे घिरकर बैठे हुए हैं ॥ ५ ॥ हजारों कल्पमें भी जिनका क्षय नहीं होता ऐसे आत्म-तत्त्वज्ञ, सत्यान्वेषी, धर्मपरायण तथा देवराज इन्द्रके समान प्रभावशाली देवता जिनकी सतत अर्चना करते हैं, ऐसे मुनिश्रेष्ठ तथा देवर्षिगण श्रीशिवजीको चारों ओरसे घेरकर बैठे हुए हैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ६ ॥ ७ ॥ नारदजीने देखा कि कश्यपतनय रुद्रगण उनकी उपासना कर रहे हैं। रुद्रतनय भगवान् कार्तिकेय, सरिद्वरा गङ्गा, अर्चिष्मान् तुम्बुरु और वक्ताओंमें श्रेष्ठ भारि, ये सब उन शंकरभगवानकी सेवकाई कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त अन्यान्य देवता उनका अनुगमन करते हैं। जो धर्मपरायण, तपोनिष्ठ और सत्पथगामी साधुगण अपनी कल्याणकामनासे देवताओंकी अर्चना करते हैं, वे विषय-वासना त्याग तथा स्वाध्यायवान् होकर पितृकार्य तथा देवकार्यमें संलग्न हैं। देवता शुभचिन्तक बनकर उन्हें अभीष्ट फल देते हुए उनका सत्कार कर रहे हैं ॥ ८–१२ ॥ गन्धर्वराज चित्ररथ प्रसन्नतापूर्वक अपने पुत्रोंके साथ देववाद्य बजा रहे हैं ॥ १३ ॥ ऊर्णायु, चित्रसेन, हाहा, हूहू, डुम्बुर, तुम्बरु आदि गन्धर्वगण वक्रिम-स्निग्ध-मधुर-लास्य आदि भावोंमें निबद्ध गायन गा रहे हैं ॥ १४ ॥ उर्वशी, विप्रचित्ति, हेमा, रम्भा, हेमदन्ता, घृताची और सहजन्या प्रभृति अप्सरायें नृत्यादिके द्वारा

भारत ॥ स्कन्दश्च भगवानग्निर्गङ्गा च सरितां वरा ॥ ८ ॥ अर्चिष्मांस्तुम्बुरुश्चैव भारिश्च वदतां वरः ॥ नेतारो देवदेवानामेते हि तपसाऽन्विताः
॥ ९ ॥ एताननुविधीयन्ते सर्वदेवगणा नृप ॥ धर्मनित्यास्तपोनित्याः सतां मार्गमुपाश्रिताः ॥१०॥ ये त्विमे मानुषा देवानर्चयन्ति शुभार्थिनः ॥
तानर्चयन्ति ह्यमरास्तथा राजञ्छुभार्थिनः ॥ ११ ॥ पितृकृत्येषु देवानां संन्यासं ये त्वनुष्ठिताः ॥ स्वाध्यायवन्तः कौरव्य सदा नियमचारिणः ॥ १२ ॥
गन्धर्वाधिपतिः श्रीमांस्तत्र चित्ररथो नृप ॥ सपुत्रो वादयामास देववाद्यानि हृष्टवत् ॥ १३ ॥ ऊर्णायुश्चित्रसेनश्च हाहा हूहूस्तथैव च ॥ डुम्बरस्तु-
म्बुरुश्चैव जगुरन्ये च षड्गुणान् ॥ १४ ॥ उर्वशी विप्रचित्तिश्च हेमा रम्भा च भारत ॥ हेमदन्ता घृताची च सहजन्या तथैव च ॥ १५ ॥ जुजोष
भगवान्देवस्तदुपस्थानमात्मवान् ॥ वृत्तेन तुष्टः शक्रस्य जगाम जगतो गतिः ॥ १६ ॥ गते भूतपतौ सर्वे नृपा जग्मुर्यथागतम् ॥ महेन्द्रेणार्चिता
देवाः स्वानेव निलयान्गताः ॥ १७ ॥ ततः सर्वेषु यातेषु सुखासीनं पुरन्दरम् ॥ सदस्यैः स्वैः सहासीनं नारदोऽभिययौ मुनिः ॥ १८ ॥ तमिन्द्रः
पूजयामास समुत्थाय तपोधनम् ॥ दिदेश कुशगर्भं च पीठमात्मासनोपमम् ॥ १९ ॥ नारदोऽथ महातेजा महेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥ दूतोऽयममरश्रेष्ठ
विष्णोरतुलतेजसः ॥ २० ॥ किंचित्कार्यं पुरस्कृत्य प्रेषितोऽस्मि महात्मना ॥ आनर्तादार्तिहरणं तस्यैवानघतेजसः ॥ २१ ॥ प्रीतिवाक्यानि

उनका मनोरंजन कर रही हैं ॥१५॥ जगत्कारण भगवान भूतभावन शंकरने इन्द्रके व्यवहारसे परम प्रसन्न होकर उनकी सेवाओंको प्रेमपूर्वक अङ्गीकार किया और वहाँसे चल पड़े ॥१६॥ सभाके अन्तमें भूतपति शंकर भगवानके चले जानेपर सब देवता और राजर्षिगण देवराज इन्द्रके द्वारा पूजित होकर अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ १७ ॥ हे महाराज! इस प्रकार सब लोगोंके चले जानेपर जब देवेन्द्र निश्चिन्त होकर अपने सदस्योंके साथ बैठ गये, तब देवर्षि नारद उनके सम्मुख गये ॥१८॥ उनको देखते ही देवराज उठ खड़े हुए और उन्होंने उनकी विधिवत् अभ्यर्थना करके कुशासन बिछाया और उसके ऊपर अपने आसनके समान आसन प्रदान किया ॥ १९ ॥ तदनन्तर देवर्षि नारदने देवराज इन्द्रसे कहा—हे अमरश्रेष्ठ! मैं इस समय अतुल तेजस्वी श्रीकृष्ण भगवानका दूत बनकर आपके पास आया हूँ। उन्होंने कार्यविशेषके उद्देश्यसे मुझे आपके पास भेजा है। इस समय उनका कार्य सम्पन्न कर देना आपका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर्तव्य है ॥२०॥२१॥ तदनंतर पाकशासन इन्द्रने अत्यन्त आह्लादित होकर देवर्षिको प्रसन्न करते हुए कहा—॥२२॥ हे मुनिवर नारद ! महात्मा कृष्णने बहुत दिनों बाद मेरा स्मरण किया है। इस समय उन्होंने क्या कहकर आपको भेजा है, सो शीघ्र बताइए ॥२३॥ नारदजी बोले—हे देवेन्द्र ! कश्यपवंशचूड़ामणि आपके भ्राता कृष्णसे मिलनेके लिए मैं द्वारका गया था ॥२४॥ जब मैं वहाँ पहुँचा, उस समय उमासहचर शंकर भगवानके सदृश श्रीकृष्ण रुक्मिणीके साथ रैवतक पर्वतपर विराजमान थे ॥२५॥ जाते समय मैं एक पारिजातपुष्प लेता गया था। उनकी पत्नियोंको विस्मित करनेके लिए मैंने वह पुष्प भगवानके हाथमें दे दिया ॥ २६ ॥ बहुतेरी कामनायें पूर्ण करनेवाले पारिजातसे उत्पन्न उस पुष्पको देखकर वे पत्नियाँ आश्चर्यमें पड़ गयीं ॥ २७ ॥ हे मानद देवराज ! तब मैंने उनको भगवान कश्यप द्वारा पारिजातकी उत्पत्ति तथा उसके गुणोंका सब वृत्तान्त कह सुनाया ॥ २८ ॥ तदनन्तर पुण्य-

हव्यानि प्रयुज्य मुनये तदा ॥ ततः प्रहृष्टो भगवानब्रवीत्पाकशासनः ॥ २२ ॥ किमाह पुरुषश्रेष्ठः शीघ्रमाचक्ष्व मे मुने ॥ चिरस्य खलु कृष्णेन संस्मृतोऽस्मि महात्मना ॥ २३ ॥ नारद उवाच ॥ महेन्द्रेन्द्रानुजं द्रष्टुं गतोऽहं भ्रातरं तव ॥ कथंचिद्द्वारकां तत्र काश्यपानां यशस्करम् ॥ २४ ॥ तं तु रैवतकेऽद्राक्षं तदासीनमरिंदमम् ॥ रुक्मिण्या सहितं वीरं स्तुवन्तं वृषभध्वजम् ॥ २५ ॥ पारिजाततरोः पुष्पं तस्य दत्तं मयाऽनघ ॥ विस्मापनार्थं देवेश पत्नीनामुरुतेजसः ॥ २६ ॥ तद्दृष्ट्वा तस्य पत्न्यस्तु विस्मयं परमं ययुः ॥ बहुकामप्रदं पुष्पं वृक्षराजसमुद्भवम् ॥ २७ ॥ गुणास्तासां मया ख्यातास्तस्य पुष्पस्य मानद ॥ सृष्टिश्च पारिजातस्य कश्यपेन महात्मना ॥ २८ ॥ अदित्या कश्यपो दत्तः पुण्यार्थं च यथा मम ॥ पुष्पदाम्ना वेष्टयित्वा कण्ठे पुण्यार्थमात्मवान् ॥ २९ ॥ त्वं च दत्तो यथा शच्या देवाश्चान्ये सुरेश्वर ॥ निष्क्रयश्च यथा दत्तः कश्यपाद्यैर्महर्षिभिः ॥ ३० ॥ तच्छ्रुत्वा तस्य पत्न्येका सत्यभामेति विश्रुता ॥ पुण्यकार्यं मनश्चक्रे दयिता ते यवीयसः ॥ ३१ ॥ तया चाभ्यर्थितो भर्ता देव देव्या गणेश्वरः ॥ प्रतिजज्ञे स धर्मार्थं यवीयांस्तव मानद ॥ ३२ ॥ ततो मामुक्तवान्वीरो विष्णुर्बलवतां वरः ॥ यथावत्सुरमख्येश ब्रुवतः शृणु भावतः ॥ ३३ ॥ लालनीयो यवीयांस्तु प्रणिपत्याच्युतोऽब्रवीत् ॥ आनयेयं सुरश्रेष्ठ पारिजातं वरद्रुमम् ॥ ३४ ॥ मनोरथोऽस्तु सफलो वध्वास्तेऽसुरसूदन ॥ धर्मकृत्ये विशेषेण वध्वास्ते सुरसत्तम ॥ ३५ ॥ अयं दर्शितकल्याणो लोको लोकगणेश्वर ॥ पश्यन्त्वमरकल्याणं मत्प्रभावाच्च मानवाः ॥ ३६ ॥

सञ्चयार्थ अदितिने पुष्पमालासे बाँधकर कश्यपको, देवी शचीने आपको एवं अन्यान्य देवताओंको दान करके मुझे दिया और उसके बाद कश्यपादि महात्माओंने जिस प्रकार मुझे निष्क्रय प्रदान किया, वह सब वृत्तान्त भी मैंने उन्हें बताया ॥ २९ ॥ ३० ॥ उसे सुनकर उनकी एक पत्नी सत्यभामाने पुण्यसञ्चयके निमित्त उनसे उस पारिजात वृक्षकी माँग की। आपके भ्राता श्रीकृष्णने भी उनकी प्रार्थना स्वीकार करके कहा—मैं अवश्य उसे मँगा दूँगा। ऐसा कहकर वे प्रतिज्ञाबद्ध हो गये ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ उसके बाद उन्होंने मुझसे जो कहा है, सो बताता हूँ—सुनिए ॥३३॥ उन्होंने विनयपूर्वक आपसे कहा है—हे सुरेश्वर ! मैं आपका कनिष्ठ भ्राता होनेके नाते नितान्त प्रतिपाल्य हूँ। विशेष बात यह है कि आपकी कनिष्ठ भ्रातृवधू सत्यभामा धर्मानुष्ठानके लिए आपसे पारिजातवृक्षको याचना कर रही हैं। अतएव जिस विधिसे उनकी कामना पूर्ण हो, वही उपाय करिए ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ इस मानवलोकमें कल्या-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

णलाभ अति दुर्लभ होता है। सो मैं चाहता हूँ कि मेरे प्रभावसे संसारी लोग भी देवलोककी उस सम्पदाका दर्शन कर लें ॥३६॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवराज इन्द्र वाग्मिवर
नारदके वचन सुनकर बोले—॥ ३७ ॥ हे द्विजश्रेष्ठ! आपने जो कहा सो सुन लिया। अब आप विराजिए। मैं अतुल तेजस्वी भगवान कृष्णको प्रतिसन्देश दूँगा ॥ ३८ ॥ तदनन्तर
जब नारदने आसन ग्रहण किया, तब देवेन्द्र भी उनकी अनुमति पाकर अपने आसनपर बैठ गये ॥ ३९ ॥ बैठकर उन्होंने अपने बल-वीर्यकी पर्यालोचना करके कहा—हे महर्षे! आप
भगवान कृष्णको मेरा कुशलसमाचार सुनाकर कहिएगा कि जैसा मैं हूँ, उसी तरह वे भी मेरे बाद संसारके प्रभु हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं है। पारिजात वृक्ष तथा स्वर्गके सब रत्नोंपर
हमारे ही समान उनकी भी प्रभुता है ॥ ४०–४२ ॥ वे तो केवल पृथिवीका भार उतारनेके लिए मर्त्यलोकमें मनुष्यशरीर धारण करके गये हुए हैं ॥ ४३ ॥ अतएव जब अपनी

वैशम्पायन उवाच ॥ वासुदेववचः श्रुत्वा महेन्द्रः कुलनन्दनः ॥ नारदं वदतां श्रेष्ठमिदं वाक्यमथाब्रवीत् ॥ ३७ ॥ भजासनं द्विजश्रेष्ठ युक्तमुक्तं
त्वया द्विज ॥ संदेशं प्रतिदास्यामि विष्णोरतुलतेजसः ॥ ३८ ॥ आसीने नारदे शक्रो लब्धानुज्ञोऽथ नारदात् ॥ स्वमासनं ततो भेजे तस्यैव
सदृशं प्रभो ॥ ३९ ॥ उपविष्टः सुरपतिरथोवाच तपोधनम् ॥ निरीक्ष्य स्वबलं वीर्यं हर्षेदं वृत्रनाशनः ॥ ४० ॥ शक्र उवाच ॥ महर्षे कुशलं पृष्ठ्वा
वक्तव्यस्ते जनार्दनः ॥ वचनान्मम धर्मज्ञ सर्वभूतसुखावहः ॥ ४१ ॥ मदनन्तरमीशस्त्वं जगतो नात्र संशयः ॥ त्वदीयः पारिजातश्च रत्नान्य-
न्यानि चाच्युत ॥ ४२ ॥ त्वं तु भारावतरणं कर्तुं देव महीं गतः ॥ मानुष्यं सर्ववृत्तानां स्थितः कार्यस्य सिद्धये ॥ ४३ ॥ त्वयि तीर्णप्रतिज्ञे
हि पुनः प्राप्ते त्रिविष्टपम् ॥ पूरयिष्यामि वध्वास्ते इष्टान्कामानधोक्षज ॥ ४४ ॥ स्वर्गीयानि च रत्नानि न नेतव्यानि केशव ॥ स्वल्पार्थे मानुषं
लोकमिति पूर्वकृता स्थितिः ॥ ४५ ॥ उत्क्रम्य हि स्थितिं दैवीं प्रवर्तामि महाबल ॥ यद्यहं किं प्रवक्ष्यन्ति प्रजापतिगणाः प्रभो ॥ ४६ ॥ ब्रह्मणा
सह पुत्रेण सपौत्रेण महात्मना ॥ नियमाः सर्वकृत्यानां स्थापिता जगतो ध्रुवाः ॥ ४७ ॥ प्रजापतिकृतं मार्गमपास्य व्रजतो मम ॥ श्रुत्वा प्रजा-
पतिर्धीमाञ्छापमप्युत्सृजेत्प्रभुः ॥ ४८ ॥ अस्माभिर्भिद्यमानं हि मर्यादासेतुबन्धनम् ॥ भेत्स्यन्त्यशंकिता दैत्या दैत्यपक्षास्तथाऽपरे ॥ ४९ ॥
स्त्रीनिमित्तमितो नीते पारिजाते द्रुमेश्वरे ॥ स्वर्गौकसो भविष्यन्ति विमनस्काश्च मानद ॥ ५० ॥ उपभोगा मनुष्याणां विहिता ये स्वयंभुवा ॥

प्रतिज्ञा पूर्ण करके फिर अपने धाममें लौटकर आयेंगे, तब मैं उनकी वधूका मनोरथ पूर्ण कर दूँगा ॥४४॥ साधारण कार्यके लिए स्वर्गीय रत्नोंको मानवलोकमें नहीं ले जाया जा सकता।
यह नियम पहलेसे ही उनके साथ निर्धारित हो चुका है ॥ ४५ ॥ आज यदि मैं उस नियमका उल्लघन करूँगा तो प्रजापतिगण मुझे क्या कहेंगे ? ॥ ४६ ॥ ब्रह्माजीने अपने पुत्रों और
पौत्रोंके साथ मिलकर संसारके सब कामोंके लिए स्थायी नियम बना दिया है ॥ ४७ ॥ ऐसा होते हुए भी आज यदि मैं उनके नियमोंकी अवहेलना करके कोई काम करूँगा तो वे मुझे
अवश्य शाप दे देंगे ॥४८॥ और यदि हमीं लोग मर्यादाका सेतु भंग करेंगे तो दैत्यगण तथा उनके सहयोगी अन्यान्य नियमबन्धनोंको काट फेकेंगे। इसमें कोई संशय नहीं है ॥४९॥
यदि किसी स्त्रीके लिए यहाँसे पारिजातवृक्ष ले जाया गया तो स्वर्गवासियोंका मन खिन्न हो जायगा ॥ ५० ॥ भगवान स्वयम्भूने मनुष्योंके उपभोगके लिए जिन वस्तुओंका निर्देश किया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं, मेरे कनिष्ठ भ्राता श्रीकृष्ण देश-कालकी स्थिति देखते हुए अभी उन्हीं सामग्रियोंसे सन्तुष्ट रहें ॥ ५१ ॥ वस्तुतः विवेचनापूर्वक देखें तो ज्ञात हो जायगा कि स्वर्गमें मेरे उपभोगके लिए जो पदार्थ प्रस्तुत हैं, वे यदि यहाँ रहें तो उनका उनपर अधिकार है ॥ ५२ ॥ मानवलोकके मांसाहारी मनुष्योंके समान यदि भगवान कृष्ण अभिमानवश धर्मका अतिक्रमण करेंगे तो उन्हें पापका भागी बनना पड़ेगा ॥ ५३ ॥ महात्मा कृष्णकी स्त्रीवश्यता संसारमें विख्यात हो गयी तो उनकी बड़ी अपकीर्ति होगी। ऐसा मेरा विश्वास है ॥ ५४ ॥ जब वे मनुष्यलोकमें मनुष्य होकर अवतरे हैं तो उनका ज्येष्ठ भ्राता (इन्द्र) उनके लिए जैसी व्यवस्था करे, उन्हें उसीके अनुसार चलना चाहिए ॥ ५५ ॥ इस समय स्वर्गसे इस पारिजातरूपी रत्नका लोप होनेसे मेरा बड़ा अपमान होगा और अपने सजातियों द्वारा प्राप्त अपमान नितान्त निन्दनीय और असह्य होता है ॥ ५६ ॥ कमलयोनि भगवान ब्रह्माने सज्जनोंके लिए धर्म-अर्थ-कामकी मर्यादा स्थापित कर दी है, श्रीकृष्णको चाहिए वे उसीका पालन करें ॥ ५७ ॥ यदि पारिजात लेकर मुझे धरातलपर जाना पड़ा तो शचीपति कहकर मेरा कौन सम्मान

तैस्तु तुष्यतु मे भ्राता संपश्यन्कालपर्ययम् ॥ ५१ ॥ इहापि तात त्रिदिवे मम यः स्यात्परिग्रहः ॥ त्रिदिवस्थोऽपि तं कृष्णः सर्वं भोक्तुमिहार्हति ॥ ५२ ॥ हृष्टो ह्यामिषभोज्यानामभिमानाज्जनार्दनः ॥ ततो धर्मं समुत्सृज्य पापमेवानुवर्तते ॥ ५३ ॥ स्त्रीवश्यता ख्याप्यमाना कृष्णस्य हि महात्मनः ॥ जगत्ययशसा योगं जनयेदिति मे मतिः ॥ ५४ ॥ मानुष्यं मानुषे प्राप्तो यदेतन्मधुसूदनः ॥ कुर्यान्निर्वन्धनीयं यद्भ्रात्रा ज्येष्ठेन नारद ॥ ५५ ॥ स्वर्ग्यरत्नविलोपेन धर्षणा स्यान्ममानघ ॥ ज्ञातितो धर्षणा चैव विशेषेणैव गर्हिता ॥ ५६ ॥ धर्ममर्थं च कामं च क्रमेण मधुसूदनः ॥ सेवत्वेष सतां धर्मान्स्थापितान्पद्मयोनिना ॥ ५७ ॥ महीतलं पारिजातमर्पयिष्याम्यहं यदि ॥ पौलोमीमादितः कृत्वा को नु मां बहु मंस्यते ॥ ५८ ॥ पारिजातं महीपृष्ठे दृष्ट्वा स्पृष्ट्वा च मानुषाः ॥ स्वर्गार्थं नोद्यमिष्यन्ति दृष्ट्वा स्वर्गफलं क्षितौ ॥ ५९ ॥ पारिजातगुणान्मर्त्या जुषन्ति यदि नारद ॥ देवतानां मनुष्याणां न विशेषो भविष्यति ॥ ६० ॥ तत्र यत्क्रियते कर्म इह तद्भुज्यते नरैः ॥ स्वर्गार्थं न यतिष्यन्ति पारिजातगुणान्विताः ॥ ६१ ॥ सर्वरत्नवरः स्वर्गे पारिजातस्तपोधन ॥ तुल्यं देवसमैर्मर्त्यैः सर्वदैव जगद्भवेत् ॥ ६२ ॥ यज्ञैर्मर्त्या न यक्ष्यन्ति लब्धस्वर्गफला भुवि ॥ न पूर्तानि प्रदास्यन्ति तुल्यत्वममरैर्गताः ॥ ६३ ॥ यज्ञैर्जप्याह्निकैश्चैव नित्यमाप्याययन्ति नः ॥ मानुषाः स्वर्गमिच्छन्तः श्रद्दधानास्तपोधन ॥ ६४ ॥

करेगा ॥ ५८ ॥ और फिर भूलोकमें ही पारिजात प्राप्त करके मनुष्य यदि स्वर्गका फल पा लेंगे तो वे स्वर्गप्राप्तिके लिए क्यों यत्न करेंगे ? ॥ ५९ ॥ हे नारद ! यदि मनुष्य पृथिवीपर रहकर ही पारिजातके गुणोंका उपभोग कर लेंगे तो देवताओं और मनुष्योंमें अन्तर ही क्या रह जायगा ॥ ६० ॥ मनुष्य लोग मर्त्यलोकमें जो सत्कार्य करते हैं, उन्हींके द्वारा स्वर्गलोक प्राप्त होता है। किन्तु पारिजात वृक्षके गुणोंको जानकर वे स्वर्गप्राप्तिके लिए कदापि उद्योग न करेंगे ॥ ६१ ॥ विशेष करके स्वर्गमें जितने भी रत्न हैं, पारिजात वृक्ष उनमें सर्वप्रधान है। मनुष्य यदि उस सर्वप्रधान रत्नको भोगनेको अधिकारी हो जायँगे तो समस्त जगत् एकाकार हो जायगा ॥ ६२ ॥ वैसी दशामें संसारी लोग न यज्ञ करेंगे और न पूर्तदानमें ही उनकी प्रवृत्ति होगी। क्योंकि उन्हें इस पारिजातके द्वारा ही देवत्व प्राप्त हो जायगा ॥ ६३ ॥ हे तपोधन ! इस समय वे लोग स्वर्गप्राप्तिकी कामना करके ही श्रद्धापूर्वक याग-यज्ञ आदि तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तत्सर्वं न करिष्यन्ति पारिजातगुणान्विताः ॥ निस्तेजसो भविष्याम ते गतास्तद्विहीनताम् ॥ ६५ ॥ इतः सुवृष्ट्या सस्यैस्ते जीवन्ति पुरुषा भुवि ॥ आप्याययन्तस्तेऽप्यस्मान्दानैर्यज्ञैस्तथैव च ॥ ६६ ॥ न बुभुक्षा पिपासा वा बाधते यदि मानुषान् ॥ रोगो जरा वा मृत्युर्वा धर्मज्ञ रतिरेव च ॥ ६७ ॥ दौर्गन्ध्यं वा सुघोरा वा ईतयः कर्मसंभवाः ॥ किमुद्योगं करिष्यन्ति पारिजातगुणान्विताः ॥ ६८ ॥ सर्वथा नयनं तत्र पारिजातस्य न क्षमम् ॥ इति वाच्यस्त्वया विप्र विष्णुरक्लिष्टकर्मकृत् ॥ ६९ ॥ यथा यथा च मे भ्राता तुष्यत्येतद्विचारयन् ॥ तथा तथा त्वया कार्यं कार्यं मत्प्रीतिमिच्छता ॥ ७० ॥ हाराश्च मणयश्चैव चन्दनान्यगुरूणि च ॥ वस्त्राणि च विचित्राणि वध्वास्त्वं द्वारकां नय ॥ ७१ ॥ योग्यानि यानि मर्त्यानां यावदिच्छति केशवः ॥ न स्वर्गपरिमोषं तु कर्तुमर्हति साम्प्रतम् ॥ ७२ ॥ ददामि रत्नानि यथेप्सितान्यहं बहूनि चित्राणि विभूषणान्यहम् ॥ न पारिजातं च कथंचन द्रुमं मुने प्रदास्यामि दिवौकसां प्रियम् ॥ ७३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे इन्द्रवाक्यं नामैकसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ देवराजवचः श्रुत्वा नारदः कुरुनन्दन ॥ प्रोवाच वाक्यं वाक्यज्ञो धर्मात्मा धर्मवित्तमः ॥ १ ॥ अवश्यमेव वक्तव्यं हितं बलनिषूदन ॥ मया तत्र महाबाहो बहु मानोऽस्ति मे त्वयि ॥ २ ॥ उक्तो मया वासुदेवो जानता भवतो मतम् ॥ न दत्तः पारिजातोऽयं

नित्यके दैनिक कृत्यों द्वारा हमको प्रसन्न करते हैं ॥ ६४ ॥ किन्तु पारिजातको पाकर वे उपर्युक्त सत्कर्मोंको सर्वथा त्याग देंगे। उनके कर्मत्यागसे हम सब देवता निस्तेज हो जायँगे ॥६५॥ वे लोग दान-यज्ञ आदि धर्मकार्य द्वारा हमको तृप्त करते हैं; तभी हम भूलोकमें भलीभाँति जलवृष्टि करते हैं। उसीसे अन्नका उत्पादन होता है और संसारी लोग उस अन्नके सहारे जीते हैं ॥ ६६ ॥ हे धर्मज्ञ ! इसके विपरीत यदि पारिजात मर्त्यलोकमें चला जाता है तो वहाँवालोंको क्षुधा, तृष्णा, रोग, शोक, जरा, मृत्यु, रति, दुर्गन्ध और भयानक दुर्भिक्ष प्रभृति कोई भी उपद्रव न सतायेंगे। यदि पारिजातके प्रभावसे कोई बाधा न रहेगी तो मनुष्योंको यज्ञ-यागादि सत्कर्म करनेकी आवश्यकता ही क्या रहेगी ? ॥६७॥६८॥ अतएव हे प्रियवर ! आप जाकर भगवान कृष्णसे कह दें कि भूलोकमें पारिजात वृक्षका ले जाना किसी भी तरह युक्तिसंगत न होगा ॥६९॥ मेरे लघु भ्राता श्रीकृष्ण मुझपर जिस तरह प्रसन्न हों, आप वैसा ही उद्योग करिएगा ॥७०॥ पारिजातको छोड़कर हार, मणि, रत्न, अगुरु, चन्दन और विविध प्रकारके विचित्र वस्त्र आदि जिन वस्तुओंकी आवश्यकता हो, आप उनकी पत्नियोंके लिए यहाँसे द्वारका ले जा सकते हैं ॥ ७१ ॥ मेरे भ्राता कृष्ण मर्त्यलोकके लिए उपयोगी अन्य सभी वस्तुयें यहाँसे ले जा सकते हैं, किन्तु स्वर्गके कार्यमें विघ्न उत्पन्न करना उचित नहीं है ॥ ७२ ॥ अतएव हे मुनिवर ! विचित्र आभूषण और मणि-रत्न आदि जिन वस्तुओंकी आवश्यकता हो, वह सब मैं देनेके लिए तैयार हूँ। किन्तु देवताओंका सर्वस्व पारिजातवृक्ष मैं किसी तरह न दे सकूँगा ॥ ७३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७१ ॥

(नारद-इन्द्रसंवाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वाक्यकोविद और धर्मज्ञ महात्मा नारद देवराज इन्द्रके वचन सुनकर बोले—॥ १ ॥ हे महात्मन् ! आपके प्रति मेरे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हृदयमें यथेष्ट सम्मानबुद्धि है। हे बलनिषूदन! मैं अवश्य श्रीकृष्णभगवानको आपकी कठिनाइयाँ बताऊँगा ॥ २ ॥ आपके अभिप्रायका अनुमान करके मैंने पहले ही अनेक कारण दर्शाते हुए कहा था—'देवराजने श्रीशंकरभगवानको पारिजात वृक्ष देनेसे इनकार कर दिया था।' किन्तु मैं सच कहता हूँ कि मेरी बात न सुनकर उन्होंने कहा—'मैं उपेन्द्र और लघु भ्राता होनेके कारण इन्द्रका पोष्य हूँ। तुम्हें जाकर उनको मेरा सन्देश कहना ही होगा।' ॥३–५॥ तथापि मैंने बारम्बार विविध कारण बताया। किन्तु किसी तरह उनके विचारमें परिवर्तन नहीं हुआ ॥ ६ ॥ अन्तमें हँसते हुए और कुछ रोषपूर्वक उन्होंने कहा—"आप जाइए और देवराजको मेरा सन्देश सुना दीजिए। आपके कहनेपर भी वे यदि पारिजात न देंगे तो उनके जिस वक्षस्थलपर शची चन्दनादि सुगन्धद्रव्योंका अनुलेपन लगाती हैं, मैं उसी वक्षस्थलपर अपनी गदाका प्रहार करूँगा। इस विषयमें देवता, गन्धर्व, राक्षस, असुर तथा स्वयं शेष भगवान

हरस्यापि त्वया पुरा ॥ ३ ॥ हेतवश्च मया तस्य दर्शितास्ते समासतः ॥ न चावगतवान्देवः सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ॥ ४ ॥ उपेन्द्रोऽहं महेन्द्रेण लाल-
नीयः सदेति माम् ॥ उवाच पुण्डरीकाक्षो दत्तमुत्तरमेव च ॥ ५॥ पुनः पुनर्मया चास्य हेतवो देव दर्शिताः ॥ ततो न बुद्धिर्व्यावृत्ता वृत्रनाशाय
तस्य वै ॥ ६ ॥ अपि चाप्युक्तवान्देवो वाक्यान्ते मधुसूदनः ॥ प्रत्याह पुरुषश्रेष्ठः सरोषमिव वासव ॥ ७ ॥ न देवगन्धर्वगणा न राक्षसा त चासुरा
नैव च पन्नगोत्तमाः ॥ मम प्रतिज्ञामपहन्तुमुद्यता मुने समर्थाः खलु भद्रमस्तु ते ॥ ८ ॥ स पारिजातं यदि न प्रदास्यति प्रयाच्यमानो भवता
पुरंदरः ॥ ततः शचीव्यामृदितानुलेपने गदां विमोक्ष्यामि पुरंदरोरसि ॥९॥ उपेन्द्रस्य महेन्द्रायं भ्रातुस्ते निश्चयः परः ॥ यदत्र मन्यसे न्याय्यं संप्रधार्य
कुरुष्व तत् ॥ १० ॥ तत्त्वं हितं च देवेश श्रूयतां वदतो मम ॥ नयनं पारिजातस्य द्वारकां मम रोचते ॥ ११ ॥ नारदेनैवमुक्तस्तु सुव्यक्तं
बलदेहभित् ॥ रोषाविष्टः सहस्राक्षोऽब्रवीदेतन्नराधिप ॥ १२ ॥ अनागसि मयि ज्येष्ठे सोदरे यदि केशवः ॥ एवं प्रवृत्तः किं शक्यं कर्तुमद्य तपो-
धन ॥ १३ ॥ बहूनि प्रतिलोमानि पुरा स कृतवान्मयि ॥ कृष्णो नारद सोढानि भ्रातेति स्म मया सदा ॥ १४ ॥ खाण्डवे चार्जुनरथं पुरा वाह-
-यता सता ॥ मदीया वारिता मेघाः शमयन्तोऽग्निमुद्धतम् ॥ १५ ॥ गोवर्द्धनं धारयता विप्रियं च कृतं मम ॥ तथा वृत्रवधे प्राप्ते साहाय्यार्थं

भी मेरी प्रतिज्ञा भंग नहीं कर सकते" ॥ ७–९ ॥ हे महात्मन्! इस प्रकार मैंने आपके लघु भ्राताका अभिप्राय आपको बता दिया। अब आपकी जैसी अभिरुचि हो, उसके अनुसार विवेचना करके कार्य करिए ॥ १० ॥ किन्तु इस विषयमें यदि मेरी सलाह जानना चाहें तो मैं यही कहूँगा कि आपका पारिजातवृक्ष लेकर द्वारका जाना ही उत्तम होगा ॥ ११ ॥ देवर्षि नारदके ऐसा कहनेपर कुपित देवराजने उन्हें सम्बोधित करके कहा—हे तपोधन! मैं श्रीकृष्णका ज्येष्ठ भ्राता और सर्वथा निरपराध हूँ। फिर भी वे यदि ऐसा करना चाहेंगे तो मैं कर ही क्या सकता हूँ ॥ १२ ॥ १३ ॥ पहले भी उन्होंने अनेक बार मेरा अपमान किया है, किन्तु भाई समझकर मैंने सह लिया ॥ १४ ॥ पूर्वकालमें खाण्डववन-दाहके अवसरपर अग्निनिवारणके लिए मैंने मेघोंको भेजा। किन्तु अर्जुनसारथी कृष्णने मेरे उन सभी मेघोंको दूर हटा दिया ॥ १५ ॥ गोवर्द्धन पर्वतको उठाकर भी उन्होंने मेरा कम अपमान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं किया था। उसके बाद मैंने वृत्रासुरके विनाशार्थ उनसे सहायता माँगी तो उन्होंने कहा—'सब जीवोंके प्रति मेरा समभाव रहता है।' अन्तमें मैंने अपने ही बाहुबलसे वृत्रासुरका वध किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ आप तो जानते ही हैं कि देवासुरसंग्राममें भी वे अपनी इच्छाके अनुसार ही युद्ध करते हैं ॥ १८ ॥ इस विषयमें बहुत कहनेकी क्या आवश्यकता, उनकी जो इच्छा हो सो करें। किन्तु भ्रातृविरोध मेरा उद्देश्य नहीं है। आप इस बातके साक्षी रहिएगा ॥ १९ ॥ यदि भगवान कृष्ण मेरे वक्षस्थलपर गदाप्रहार करनेको उद्यत हैं तो इन्द्राणीके रुदनके अतिरिक्त और कोई लाभ न होगा ॥२०॥ मेरे बुद्धिमान् पिता कश्यप मेरी माता अदितिके साथ इस समय उदवासको गये हुए हैं। एक बार उन्हें भी यह बात बता देनी होगी ॥ २१ ॥ मेरे भ्राता कृष्ण अजितात्मा होकर भी रजोगुण तथा तमोगुणसे आच्छन्न हो गये हैं। वे सर्वथा कामदेवके वशीभूत हो तथा स्त्रीकी बातोंमें आकर बड़े-छोटेका भेदतक भूल गये हैं। तभी तो मुझ बड़े भ्राताके पास ऐसा धमकीभरा और अपमानजनक सन्देश भेजा है ॥२२॥ हे प्रियवर! ऐसे रजोगुणी कृष्ण तथा उस स्त्रीको धिक्कार है, जिसके वशीभूत होकर उन्होंने

वृतो मया ॥ १६ ॥ समोऽहमिति सर्वेषां भूतानामिति चोक्तवान् ॥ स्वबाहुबलमाश्रित्य वृत्रश्च निहतो मया ॥ १७ ॥ देवासुरेषु प्राप्तेषु संग्रामेषु च नारद ॥ युध्यत्यात्मेच्छया कृष्णो मुने सुविदितं तव ॥ १८ ॥ बहुनाऽत्र किमुक्तेन तस्माद्दिष्ट्या प्रवर्तताम् ॥ ज्ञातिभेदो न नः कार्यं साक्षी त्वं मम नारद ॥ १९ ॥ ममोरसि गदां मोक्तुमुद्यतो यदि केशवः ॥ अनुशब्दयाथ पौलोमीं गुणः क इह दृश्यते ॥ २० ॥ उदवासगतो धीमान्पिता नः कश्यपः प्रभुः ॥ अदित्या सह मे मात्रा तयोर्वाक्यमिदं भवेत् ॥ २१ ॥ अजितात्मा मम भ्राता रजसा तमसा वृतः ॥ कामेन च स्त्रियो वाक्यादेवं मामुक्तवान्गुरुम् ॥ २२ ॥ सर्वथा विप्र धिग्राज्यं धिक्क्रियः स यथा तथा ॥ यत्राधिक्षिप्तवान्विष्णुरेवं मां स्त्रीजितो द्विज ॥ २३ ॥ न दृष्टं कश्यपकुले व्यपदेश्यं महामुने ॥ नैव दक्षकुलं दृष्टं मातुर्मे यत्र संभवः ॥ २४ ॥ न ज्येष्ठता न राजत्वं देवानां प्रतिमानितम् ॥ कामरागाभिभूतेन कृष्णेन खलु नारद ॥ २५ ॥ पुत्रदारसहस्रैर्हि भ्राताऽनघ विशिष्यते ॥ सद्वृत्तो ज्ञानसंपन्न इति ब्रह्मा पुराऽब्रवीत् ॥ २६ ॥ नास्ति भ्रातृसमो बन्धुराहार्य इतरो जनः ॥ इति मामब्रवीन्माता पिता चैव प्रजापतिः ॥ २७ ॥ सोदरे तु विशेषं तु पिता मे कश्यपोऽब्रवीत् ॥ दृप्ता मया विरुद्धयन्ते दानवाः पापनिश्चयाः ॥ २८ ॥ काममेतन्न वक्तव्यं स्वयमात्मस्तवान्वितम् ॥ प्राप्तस्त्ववसरो विप्र यदिहाद्योच्यते मया ॥ २९ ॥ धनु-

मेरा अपमान किया है ॥ २३ ॥ उन्होंने कभी कश्यपकुल तथा मेरे मातृवंश दक्षकुलकी मर्यादापर भी दृष्टिपात नहीं किया। ज्येष्ठ भ्राता तथा देवताओंका राजा समझकर भी मेरा सम्मान नहीं किया तो उन्होंने कामजनित अनुरागको ही सर्वश्रेष्ठ समझ लिया है ॥ २४ ॥ २५ ॥ पूर्वकालमें ब्रह्माजीने सहस्रों स्त्री-पुत्रोंकी अपेक्षा ज्ञानसम्पन्न तथा सदाचारी भ्राताका स्थान बहुत ऊँचा बताया था ॥ २६ ॥ प्रजापति पिता तथा मेरी माताने भी बताया था कि भ्राताके तुल्य बन्धु और कोई नहीं हो सकता। अन्य सगे-सम्बन्धी केवल भोजनके साथी होते हैं। विशेष करके सहोदर भ्राता ही सर्वश्रेष्ठ सुहृद् होता है। यह मेरे पिता प्रजापति कश्यपका मन्तव्य है। अपने मुखसे अपनी प्रशंसा अच्छी नहीं कही जा सकती। किन्तु क्या करूँ, अवसर आनेपर कहना ही पड़ता है ॥ २७ ॥ २८ ॥ पूर्वकालमें पापमति मानवजन जब बहुत उद्धत हो गये, तब मैंने उनके साथ युद्ध आरम्भ कर दिया। उस युद्धमें देवताओं द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्राप्त वरदानोंसे उन्मत्त धनुर्धारी दानवोंने विष्णुभगवानके धनुषकी डोरी काटकर उसके साथ ही मस्तक भी काट लिया। तब मैंने सोचा कि मेरे सामने ही यह घटना घटी है, ऐसी दशामें मेरे माता-पिता क्या कहेंगे? ऐसा विचार करके मैंने उनके शरीरकी रक्षा की और स्नेहवश बड़े यत्नके साथ रुद्रतेजसे कटे हुए उनके मस्तकको स्कन्धदेशसे जोड़ दिया। हे नारद! तब उन हमारे भ्राता विष्णुने मेरी बड़ी प्रशंसा की और धनुषपर डोरी चढ़ाकर फिर दर्पपूर्वक रणभूमिमें जा डटे ॥२९–३३॥ उसके बाद हे महामुने! मैंने कनिष्ठ भ्राता समझकर स्नेहवश अपना प्राप्य यज्ञभाग भी उन्हें दे दिया ॥३४॥ हे! तपोधन! जो भी हो, अन्य युद्धोंमें तो मैं पहले प्रहार करता हूँ, किन्तु इस युद्धमें मैं ऐसा न करूँगा। पहले वे ही प्रहार करें ॥३५॥ हे मुनिवर! मैंने सब अवतारोंमें अपने शरीरकी तरह यत्नपूर्वक उनकी रक्षा है ॥ ३६ ॥ उन्होंने हमारे अमरभवनको तोड़कर सब लोकोंसे ऊपर अपना भवन बनाया ॥ ३७ ॥ मैंने

ज्यायां मुनिश्रेष्ठ छिन्नायां हि पुराऽनघ ॥ धन्विभिरमराणां च वरदानान्महामुने ॥ ३० ॥ उत्कृत्तशिरसो विष्णोः पुरा देहो धृतो मया ॥ संधिते च शिरो यत्नाच्छिन्नं रौद्रेण तेजसा ॥ ३१ ॥ अहं विशिष्टो देवानामित्युक्त्वा पुनरच्युतः ॥ धनुरारोप्य दर्पेण स्थितो नारद केशवः ॥ ३२ ॥ किं मां पिता वा माता वा वक्ष्यतीति मया मुने ॥ स्नेहेन च स्थितं विष्णोः शरीरं मुनिसत्तम ॥ ३३ ॥ ऐन्द्रं वैष्णवमस्यैव मुने भागमहं ददौ ॥ यवीयांसमहं प्रेम्णा कृष्णं पश्यामि नारद ॥ ३४ ॥ संग्रामेषु प्रहर्तव्यं तेन पूर्वं तपोधन ॥ राजा किलाहं समरे प्रहाराम्यग्रतो ध्रुवम् ॥ ३५ ॥ प्रादुर्भावेषु सर्वेषु स्वशरीरमिवानघ ॥ यतो रक्षामि धर्मज्ञं केशवं भक्तिमाश्रितम् ॥ ३६ ॥ इदं भङ्क्त्वा मदीयं च भवनं विष्णुना कृतम् ॥ उपर्युपरि लोकानामधिकं भवनं मुने ॥ ३७॥ अवमानः स च मया पृष्ठतः क्रियते मुने ॥ लालनीयो मया बाल इत्येवं भ्रातृगौरवात् ॥ ३८ ॥ बालोऽयं मम पुत्रेति यवीयानिति नारद ॥ पित्रा मात्रा च गोविन्दो मानी च परिभाषितः ॥ ३९ ॥ इष्टस्तत्र जनानां च केशवः सुविशेषतः ॥ वयं द्वेष्या न संदेहस्तत्र स्नेहोऽतिरिच्यते ॥ ४० ॥ सर्वज्ञो बलवाञ्छूरः पात्रं मानयिता तथा ॥ केशवेत्येव च ध्यानं यत्तद्वितथतां गतम् ॥ ४१ ॥ गच्छ नारद वक्तव्यः केशवो वचनान्मम ॥ आहूतो न निवर्तेयं समरं प्रति शत्रुभिः ॥ ४२ ॥ यदीच्छसि तदागच्छ सह्यं ते यत्त्वमिच्छसि ॥ प्रहरस्व च पूर्वं त्वं भार्याजित यथेच्छसि ॥ ४३ ॥ रथाङ्गेनाथ शार्ङ्गेण गदया नन्दकेन च ॥ प्रहरारुह्य गरुडं दृढो भूत्वा जनार्दन ॥ ४४ ॥ प्रहृते प्रहरिष्यामि

उस अपमानको भी प्रतिपाल्य कनिष्ठ भ्राताका काम समझकर मैंने कुछ ध्यान नहीं दिया ॥ ३८ ॥ मेरे माता-पिताने भी 'कनिष्ठ पुत्र नितान्त बालक होता है' ऐसी भावना करके उस विषयकी उपेक्षा की ॥ ३९ ॥ हमारी अपेक्षा वे सभी स्वजनोंका विशेष प्रिय हैं और मैं द्वेषका पात्र समझा जाता हूँ। इसमें कोई सन्देह नहीं है। क्योंकि स्नेह नीचे ही की ओर झुकता है ॥ ४० ॥ मैं समझता था कि मेरे भ्राता भगवान विष्णु सर्वज्ञ, बलवान्, पराक्रमी और सर्वमान्य हैं। सो मेरी धारणा व्यर्थ हो गयी ॥ ४१ ॥ हे मुनिवर! आप जाइए और जाकर श्रीकृष्णसे कह दीजिए कि जब शत्रु समरमें ललकारता है तो मैं पीछे नहीं हटता ॥ ४२ ॥ अतएव यदि उनकी यही इच्छा हो तो समरमें उतर आयें। वे जो करना चाहेंगे, वह मुझे सहना ही होगा। लेकिन प्रहार पहले भार्याजित कृष्णको ही करना पड़ेगा ॥४३॥ वे गरुड़पर आरूढ़ होकर चक्र, धनुष, नन्दक गदा या खड्ग चाहे जिस शस्त्रसे मुझपर प्रहार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करें ॥४४॥ उनके प्रहार कर देनेपर यदि बलवान् भ्रातृस्नेहने मनोविकार न उत्पन्न किया तो मैं भी यथाशक्ति उनपर प्रहार करूँगा ॥ ४५ ॥ हे मुनिसत्तम ! अब चाहे जो हो, जबतक चक्रपाणि कृष्ण भगवान मुझे पराजित न कर देंगे, तबतक मैं उन्हें पारिजातवृक्ष न दूँगा ॥ ४६ ॥ मैं उनका ज्येष्ठ भ्राता हूँ। वे यदि कनिष्ठ भ्राता होकर मुझे युद्धके लिए ललकारते हैं तो मैं किस तरह एक स्त्रीवाध्य भ्राताके उत्पातको सहूँगा ॥४७॥ अतएव हे तपोधन ! आप आज ही द्वारका जाइए और जाकर मेरे उस अज्ञ भ्रातासे कह दीजिए कि जबतक वे मुझपर विजय न प्राप्त कर लेंगे, तबतक पारिजातकी बात तो दूर रही, मैं उस वृक्षकी पत्तीका एक टुकड़ा भी उन्हें न दूँगा ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ हे भगवन् ! आप अशंकित चित्त होकर उनसे यह भी कह दीजिएगा कि वे किसी छल-कपटकी सहायतासे उस वृक्षका अपहरण न कर लें, बल्कि रणभूमिमें सबके सम्मुख उसे मुझसे ले लें ॥ ५० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु-

यथाशक्त्या च केशव ॥ अहो धिग्यदि मां स्नेहो विक्लवं न करिष्यति ॥ ४५ ॥ यावन्न संग्रामगतो जितोऽहं चक्रपाणिना ॥ पारिजातं न दास्यामि तावद्वो मुनिसत्तम ॥ ४६ ॥ मां समाह्वयते ज्येष्ठं यवीयान्स तपोधन ॥ अहं तं मर्षयिष्यामि किमर्थं स्त्रीजितं हरिम् ॥ ४७ ॥ अद्यैव गच्छ भगवन्द्वारकां कृष्णपालिताम् ॥ विवादे संस्थितः सोऽज्ञ इति वाच्यस्त्वयाऽच्युतः ॥४८॥ पलाशपत्रार्द्धमपि त्वयाऽजितो न पारिजातस्य तव प्रदास्यति ॥ इति प्रवाच्यो मधुसूदनस्त्वया वचो मदीयं स्मरता तपोधन ॥ ४९ ॥ पुनः प्रवाच्यो भगवंस्त्वयाऽच्युतो मम प्रियार्थं खलु निर्विशङ्कितम् ॥ न मायया हर्तुमिहार्हसि द्रुमं सुयुद्धमेवास्तु धिगस्तु जिह्मताम् ॥ ५० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे इन्द्रवाक्यं नाम द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ महेन्द्रवचनं श्रुत्वा नारदो वदतां वरः ॥ विविक्ते देवराजानमिदं वचनमब्रवीत् ॥ १ ॥ कामं प्रियाणि राजानो वक्तव्या नात्र संशयः ॥ प्राप्तकालं तु वक्तव्यं हितमप्रियमप्युत ॥ २ ॥ अनियुक्तपुरोभागो न स्यादिति वदन्ति हि ॥ सुलोकगतितत्त्वज्ञो नयविज्ञानकोविदः ॥ ३ ॥ कार्याकार्ये समुत्पन्ने परिपृच्छति मां भवान् ॥ यतस्ततः प्रवक्ष्यामि गृह्यतां यदि रोचते ॥ ४ ॥ अनुक्तेनापि सुहृदा वक्तव्यं जानता हितम् ॥ न्याय्यं च प्राप्तकालं च पराभवमनिच्छता ॥ ५ ॥ वक्तव्यं सर्वथा सद्भिरप्रियं चापि यद्धितम् ॥ आनृण्यमेतत्स्नेहस्य सद्भिरेवा-

हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७२ ॥

(नारदजीका स्वर्गसे लौटकर द्वारका आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इन्द्रके वचन सुनकर वाग्मिवर नारदने उन्हें एकान्तमें ले जाकर कहा—॥ १ ॥ हे देवराज ! राजाओंके पास जाकर प्रिय वचन बोलना ही उचित होता है, किन्तु समय आनेपर परिणाममें सुख देनेवाला वाक्य अप्रिय होते हुए भी कहना ही चाहिए ॥२॥ शास्त्रकारोंका कथन है कि बिना पूछे किसी बातका उत्तर न देना चाहिए। किन्तु लोकतत्त्वज्ञ तथा नीतिविज्ञानविशारद भगवान कृष्ण भी समय-समयपर कर्तव्य-अकर्तव्यके विषयमें प्रायः मुझसे पूछकर ही कोई कार्य करते हैं। उन्हींके समान आप भी मुझसे जिज्ञासा करते ही रहते हैं। अतएव आपके न पूछनेपर भी कह रहा हूँ। यदि उचित जान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पढ़े तो (…) हृदयङ्गम कर लीजिए ॥ ३–५ ॥ यदि कोई अपने किसी सुहृद्का अनिष्ट न चाहता हो तो वह बिना पूछे भी यदि मित्रके लिए अनिष्टकारी कोई गूढ़ बात जानता हो तो उसे अवश्य बता दे। ऐसा करके ही वह मित्रऋणसे उऋण हो सकता है। अप्रिय होते हुए भी परिणाममें हितकारी बात कहना सज्जनमात्रका कर्तव्य है। भले लोगोंने ऐसे कार्यकी सदा सराहना की है। ऐसा करके वह मित्रका उपकार ही करता है। केवल मिथ्याभाषण करनेसे धर्महानि होती है और अप्रिय वचनोंको कोई सुनना नहीं चाहता। जिससे कोई उपकार न होता हो और सुननेमें अप्रिय हो, ऐसी बात कदापि न कहे। क्योंकि साधु पुरुष ऐसी बातोंकी निन्दा करते आये हैं ॥ ६ ॥ ७ ॥ अतएव हे देव! अब मुझे जो कहना है, सो कह रहा हूँ। उसे सुनिए और यदि उचित समझिए तो उसीके अनुसार कार्य करिए ॥ ८ ॥ हे बलान्तक! भ्राताओं तथा बान्धवोंमें परस्पर विद्वेषकी भावना देखकर केवल शत्रुपक्षीय लोगोंको ही आनन्द होता है ॥ ९ ॥ जिससे किसी प्रकारका हित होता हो, वस्तुतः वही कार्य होता है। इसके विपरीत अहित करनेवाला काम अकार्य कहलाता है ॥ १० ॥ जिस

दृतं पुरा ॥ ६ ॥ अनृते धर्मभग्ने च न शुश्रूषति चाप्रिये ॥ न प्रियं न हितं वाच्यं सद्भिरेवेति निन्दिताः ॥ ७ ॥ सर्वथा देव वक्तव्यं श्रूयतां शृण्वतां वर ॥ श्रुत्वा च कुरु सर्वज्ञ मम श्रेयस्करं वचः ॥ ८ ॥ अन्योन्यभेदो भ्रातॄणां सुहृदां वा बलान्तक ॥ भवत्यानन्दकृद्देव द्विषतां नात्र संशयः ॥ ९ ॥ हितानुबन्धसहितं कार्यं ज्ञेयं सुरेश्वर ॥ विपरीतं च तद्बुद्ध्वा नित्यं बुद्धिमतां वर ॥ १० ॥ यत्स्यात्तापकरं पश्चादारब्धं कार्यमीदृशम् ॥ आरभेन्नैव तद्विद्वानेष बुद्धिमतां नयः ॥ ११ ॥ विपाकमस्य कार्यस्य नानुपश्यामि शोभनम् ॥ यदत्र कारणं देव निबोध विबुधाधिप ॥ १२ ॥ य एको विश्वमध्यास्ते प्रधानं जगतो हरिः ॥ प्रकृत्या यं परं सर्वे क्षेत्रज्ञं वै विदुर्बुधाः ॥ १३ ॥ तस्याव्यक्तस्य यो व्यक्तो भागः सर्वभवोद्भवः ॥ तस्यात्मा परमो देवो विष्णुः सर्वस्य धीमतः ॥ १४ ॥ प्रकृत्याः प्रथमो भाग उमा देवी यशस्विनी ॥ व्यक्तः सर्वमयो विश्वस्त्रीसंज्ञो लोकभावनः ॥ १५ ॥ रुक्मिण्याद्याः स्त्रियस्तस्या व्यक्तत्वे प्रथमो गुणः ॥ अव्यया प्रकृतिर्देवी गुणी देवो महेश्वरः ॥ १६ ॥ न विशेषोऽस्य रुद्रस्य विष्णोश्चामरसत्तम ॥ गुणिनश्चाव्ययः शास्ता सदा च प्रथमोऽगुणः ॥ १७ ॥ नारायणो महातेजाः सर्वकृल्लोकभावनः ॥ भोक्ता महेश्वरो देवः कर्त्ता

कार्यको करनेसे बादमें पछताना न पड़े, ऐसा कार्य करना ही विद्वानोंका कर्तव्य है और यही बुद्धिमानोंकी रीति है ॥ ११ ॥ उपस्थित प्रसंगके विषयमें आपने जो सोचा है, उसका शुभ परिणाम मैं नहीं देखता। अब मैं उसका कारण भी बता रहा हूँ। ध्यान देकर सुनिए ॥ १२ ॥ जो श्रीकृष्ण समस्त विश्वमें व्याप्त हो रहे हैं, जो जगत्के मूलकारण हैं, जो मायातीत हैं, विद्वान् पुरुष उन्हें क्षेत्रज्ञ कहते है। अव्यक्त जगत्कारणस्वरूप भगवानकी हिरण्यगर्भादि मूर्तियाँ केवल व्यक्त अंशमात्र हैं। उन्हींके द्वारा उन सब मूर्तियों तथा जगत्के सब जीवोंको चेतना प्राप्त होती है ॥ १३ ॥ १४ ॥ आप जिन रुद्रदेवका भरोसा करते हैं, वे भी उन भगवानसे भिन्न नहीं हैं। यशस्विनी उमादेवी जिस प्रकार चित्शक्तिका प्रधान अंश हैं। उसी प्रकार व्यक्त, सर्वमय, विश्वस्त्रीसंज्ञ तथा लोकभावन भगवानकी रुक्मिणी आदि स्त्रियाँ भी चित्शक्तिका प्रधान अंश हैं। अतएव शंकर भगवान् देवी पार्वतीके द्वारा जिस प्रकार गुणवान् होते हैं, उसी प्रकार भगवान कृष्ण भी रुक्मिणी आदि स्त्रियों द्वारा ही गुणवान् होते हैं ॥१५॥१६॥ अतएव रुद्र तथा विष्णु भगवानमें कोई भेद नहीं है। जो रुद्रादिके भी नियामक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं और जिनकी कभी भी परिणति नहीं होती। जो सबके आदि, गुणातीत, सर्वकर्ता और लोकभावन हैं, वे एकमात्र महातेजस्वी नारायण ही हैं। उन देवदेव नारायणके द्वारा ही भोक्ता रुद्रदेव, कर्ता विष्णु, स्रष्टा ब्रह्मा एवं अन्यान्य देवताओं तथा प्रजापतियोंकी उत्पत्ति हुई है ॥ १७–१९ ॥ हे देवराज! वेदोंमें श्रीकृष्ण भगवानको पुरातन पुरुष कहा गया है। फलतः वे अचिन्त्य, अप्रमेय और सर्वगुणातीत हैं ॥ २० ॥ पूर्वकालमें देवमाता अदितिने अपनी तपस्याके प्रभावसे उनको प्रसन्न किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवानने वर माँगनेके लिए कहा ॥२१॥ तब अदितिने उनके चरणोंमें गिरकर प्रणाम किया और कहा—हे सुरोत्तम! मैं आपके ही जैसा पुत्र चाहती हूँ ॥२२॥ तब भगवानने कहा—हे देवि! संसारमें मेरे समान और कोई भी नहीं है। अतएव मैं स्वयं अपने अंशसे आपके पुत्ररूपमें जन्म लूँगा ॥ २३ ॥ वे ही सर्वकर्ता तथा महातेजस्वी नारायण आपके भ्राताररूपमें अवतीर्ण हुए। इसी कारण संसारमें

विष्णुरधोक्षजः ॥ १८ ॥ ब्रह्मा देवगणाश्चान्ये पश्चात्सृष्टा महात्मना ॥ महादेवेन देवेश प्रजापतिगणास्तथा ॥ १९ ॥ एवं पुराणपुरुषो विष्णुर्वेदेषु पठ्यते ॥ अचिन्त्यश्चाप्रमेयश्च गुणेभ्यश्च परस्तथा ॥२०॥ अदित्या तपसा विष्णुर्महात्माऽऽराधितः पुरा ॥ वरेण छन्दिता तेन परितुष्टेन चादितिः ॥ २१ ॥ तयोक्तस्त्वत्समं पुत्रमिच्छामीति सुरोत्तम ॥ प्रणिपत्य च विज्ञाय नारायणमधोक्षजम् ॥ २२ ॥ तेनोक्तं भुवने नास्ति मत्समः पुरुषोऽपरः ॥ अंशेन तु भविष्यामि पुत्रः खल्वहमेव ते ॥२३॥ स जातः सर्वकृद्देवो भ्राता तव सुरेश्वर ॥ नारायणो महातेजा यमुपेन्द्रं प्रचक्षते ॥२४॥ इच्छन्नेव हरिर्देव कश्यपत्वमुपागतः ॥ तैस्तैर्भावैर्विकुरुते भूतभव्यभवात्ययः ॥ २५॥ प्रादुर्भावं गतो देवो जगतो हितकाम्यया ॥ माथुरं जगतो नाथः कर्ता हर्ता च केशवः ॥ २६ ॥ यथा पललपिण्डः स्याद्व्याप्तः स्नेहेन मानद ॥ तथा जगदिदं व्याप्तं विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ २७ ॥ ब्रह्मण्यदेवः सर्वात्मा तैस्तैर्भावैर्विकुर्वति ॥ जगत्यतिगुणो देवो वैकुण्ठः सर्वभावनः ॥ २८ ॥ अतः समस्तदेवानां पूज्य एव च केशवः ॥ पद्मनाभश्च भगवान्प्रजासर्गकरो विभुः ॥ २९ ॥ अनन्तो धारणार्थं च बिभर्ति च महद्यशः ॥ यज्ञ इत्यपि सद्भिश्च कथ्यते वेदवादिभिः ॥३०॥ श्वेतः कृतयुगे देवो रक्तस्त्रेतायुगे तथा ॥ द्वापरे च तथा पीतः कृष्णः कलियुगे विभुः ॥ ३१ ॥ अवधीत्स हिरण्याक्षं दिव्यरूपधरो हरिः ॥ दधाराप्सु निमज्ज-

लोग उन्हें उपेन्द्र कहते हैं ॥ २४ ॥ इस प्रकार उन देवदेव नारायणने कश्यपका पुत्र होना स्वीकार किया और इसी क्रमसे वे क्रमशः भूत-भविष्य और वर्तमानकालमें सभी रूपोंको धारण किया करते हैं ॥ २५ ॥ उनका अवतार जगत्के कल्याणके लिए होता है। उन सृष्टि-स्थिति-प्रलयकारी नारायणने लोककल्याणके उद्देश्यसे ही मथुरामें कृष्णरूपसे अवतार लिया है ॥ २६ ॥ जिस तरह मांसपिण्ड स्नेहरससे व्याप्त रहता है, उसी प्रकार यह संसार नारायणके शरीरमें परिव्याप्त है ॥ २७ ॥ वे ही ब्रह्मण्यदेव, वे ही सर्वात्मा, वे ही गुणातीत और वे ही वैकुण्ठदेव कहलाते हैं। हाँ, बीच-बीचमें वे रूपान्तर अवश्य धारण कर लिया करते हैं ॥ २८ ॥ इसी कारण वे सृष्टिकर्ता भगवान पद्मनाभ देवताओंके पूज्य माने जाते हैं ॥ २९ ॥ वे अनन्तरूपसे पृथिवीको धारण करते हैं। सभी वेदज्ञ महात्मा उनको यज्ञस्वरूप कहते हैं ॥ ३० ॥ उन्होंने सत्ययुगमें श्वेत, त्रेतायुगमें रक्त, द्वापरयुगमें पीत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा कलियुगमें कृष्ण रूप धारण किया है ॥ ३१ ॥ उन्होंने दिव्य वाराहरूप धारण करके हिरण्याक्ष दैत्यका वध किया, नृसिंहका रूप धारण करके हिरण्यकशिपुको मारा और संसारके कल्याणार्थ वराहरूप धारण करके जलमें मग्न पृथिवीका उद्धार किया ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ वामनरूप धारण करके उन्होंने पृथिवीको जीता और राजा बलिको नागपाशमें बाँधा ॥ ३४ ॥ उन्होंने देवताओं तथा दानवोंकी चिराभिलपित लक्ष्मी आपको दे दी ॥ ३५ ॥ जिसकी तपस्या समाप्त हो जाती है और जो मोहवश सही रास्ता त्यागकर विपथगामी हो जाता है, उसे वे भगवान सर्वथा समाप्त कर देते हैं ॥ ३६ ॥ धर्मपरायण उन नारायणने आपके कल्याणार्थ देवशत्रु प्रधान-प्रधान दानवोंका वध किया है ॥ ३७ ॥ उन्होंने रामरूपसे अवतीर्ण होकर रावणको मारा और जैसे सिंह हाथियोंका संहार करता है, उसी प्रकार उन्होंने अन्यान्य शत्रुओंका संहार किया है ॥ ३८ ॥ इस समय भी वे ही पुरुषोत्तम उपेन्द्र संसारका कल्याण

न्तीमेष देवो वसुन्धराम् ॥ ३२ ॥ वाराहं वपुराश्रित्य जगतो हितकाम्यया ॥ जघ्ने हिरण्यकशिपुं नारसिंहवपुर्हरिः ॥ ३३ ॥ जिगाय जगतीं चैव विष्णुर्वामनरूपधृक् ॥ बबन्ध च बलिं देवः श्रीमान्पन्नगबन्धनैः ॥ ३४ ॥ देवदानवसंभूतामाकामयदपि श्रियम् ॥ त्वय्यनन्तः पुरा विष्णुरुदारोऽमितविक्रमः ॥ ३५ ॥ सावशेषं तपो यस्य तन्निहन्ति जनार्दनः ॥ अलीकेष्वपि वर्तन्तं व्रतमेतन्महात्मनः ॥ ३६ ॥ जघ्ने च दानवान्मुख्यान्देवानां ये च शत्रवः ॥ तव प्रियार्थं गोविन्दो धर्मनित्यः सतां गतिः ॥ ३७ ॥ रामत्वमपि चावाप्य जघ्ने रावणमात्मवान् ॥ भूत्वा कामगुणांश्चैव जघान द्विरदं हरिः ॥ ३८ ॥ हिताय जगतोऽद्यापि लोके वसति मानुषे ॥ उपेन्द्रो जगतां नाथः सर्वभूतोत्तमोत्तमः ॥ ३९ ॥ जटी कृष्णाजिनी दण्डी दृष्टपूर्वो मया हरिः ॥ दैतेयेषु चरन्देवस्तृणेष्वग्निरिवोद्धतः ॥ ४० ॥ अद्राक्षमपि गोविन्दं दानवैकार्णवं जगत् ॥ कुर्वाणं दानवैर्हीनं जगतो हितकाम्यया ॥ ४१ ॥ अवश्यं पारिजातं ते नयिष्यति जनार्दनः ॥ द्वारकाममरश्रेष्ठ नानृतं च ब्रवीम्यहम् ॥ ४२ ॥ भ्रातृस्नेहाभिभूतस्त्वं न कृष्णे प्रहरिष्यसि ॥ नापि कृष्णस्त्वयि ज्येष्ठे प्रहरिष्यति वासव ॥ ४३ ॥ नैव चेच्छ्रोष्यति प्रोक्तं मया देव कथंचन ॥ पृच्छ त्वं नयधर्मज्ञान् ये हितास्तव मन्त्रिणः ॥ ४४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ नारदेनैवमुक्तस्तु महेन्द्रो जनमेजय ॥ इदमुत्तरमीशोऽथ प्रत्युवाच जगद्गुरुम् ॥ ४५ ॥ एवंविधप्रभावं त्वं कृष्णं वदसि यद्द्विज ॥ एवमेतत्सुबहुशः श्रुतं खलु मया मुने ॥ ४६ ॥ यतश्चैवंविधः कृष्णस्ततोऽहं तस्य वै तरुम् ॥ न प्रदास्यामि दातव्यं

करनेके लिए भूलोकमें विद्यमान हैं ॥ ३९ ॥ मैंने देखा कि वे दण्ड, जटा तथा मृगचर्म धारण करके तृणसंलग्न अग्निकी तरह दैत्यदलमें परिभ्रमण कर रहे हैं और उन्हींके प्रतापसे यह दानवाकीर्ण वसुन्धरा सर्वथा दानवमुक्त हो गयी है ॥ ४० ॥ ४१ ॥ अतएव हे देवेन्द्र ! मैं सच कह रहा हूँ कि वे अवश्य आपके पारिजातको देवलोकसे द्वारका ले जायँगे ॥ ४२ ॥ आप यदि भ्रातृस्नेहके वशीभूत होकर उनपर प्रहार न करेंगे तो वे भी कदापि आपपर प्रहार न करेंगे ॥ ४३ ॥ यदि मेरी बातपर आपकी श्रद्धा न हो तो आप अपने हितचिन्तक एवं नीतिधर्मपरायण मंत्रियोंसे परामर्श करके पूछिए ॥ ४४ ॥ वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! देवर्षि नारदके वचन सुनकर देवराज इन्द्रने प्रत्युत्तर देते हुए कहा--हे द्विजवर ! आपने भगवान कृष्णके प्रभावके विषयमें जो बातें कही हैं, वे सब सत्य हैं। उनके विषयमें मैंने ऐसी बहुतेरी बातें सुनी हैं ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ वे इस प्रकार प्रभावशाली हैं, यह सोच तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साधुधर्मका स्मरण करके ही मैं उन्हें पारिजात वृक्ष नहीं दे दूँगा। वे इतने प्रभावशाली व्यक्ति हैं कि साधारण वस्तुओंकी ओर उनका ध्यान न जायगा और क्रोध न करेंगे। यह सोचकर ही मैं निश्चिन्त था ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ स्वभावतः प्रभावशाली पुरुष सहिष्णु होते हैं। वे ज्ञानदृष्टिसम्पन्न वृद्ध पुरुषोंके वचनका अनुसरण करते हैं ॥ ४९ ॥ अतएव श्रीकृष्ण जब स्वयं महात्मा एवं धार्मिकश्रेष्ठ हैं तो एक साधारण बातके लिए वे अपने ज्येष्ठ भ्राताके साथ विरोध न करेंगे ॥ ५० ॥ जैसा कि उन्होंने माता अदितिको वरदान दिया है, उसी प्रकार उन्हें माताके ज्येष्ठ पुत्रोंकी ज्येष्ठता भी सहनी ही पड़ेगी ॥ ५१ ॥ जिस प्रकार उन्होंने स्वेच्छासे उपेन्द्र पद प्राप्त किया है, उसी प्रकार उन्हें ज्येष्ठ भ्राता इन्द्रकी ज्येष्ठताकी भी रक्षा करनी ही होगी ॥५२॥ वामनावतारके समय उन्होंने ज्येष्ठत्वका पद नहीं स्वीकार किया था। फिर भी यदि वे अब यह पद प्राप्त करना चाहें तो ऐसा करनेका उन्हें अधिकार है ॥ ५३ ॥

सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ ४७ ॥ महाप्रभावो नाल्पार्थे रुष्येदिति विचिन्तयन् ॥ व्यवस्थितोऽहं भद्रं ते मुने सर्वगुणादिति ॥ ४८ ॥ महाप्रभावाः सततं भवन्ति हि सहिष्णवः ॥ श्रोतारश्चैव सततं वृद्धानां ज्ञानचक्षुषाम् ॥ ४९ ॥ महात्मा कारणे नाल्पे कृष्णो धर्मभृतां वरः ॥ भ्रात्रा ज्येष्ठेन सर्वज्ञो विरोधं गन्तुमर्हति ॥५०॥ यथैवं मम मातुः स वरं प्रादादधोक्षजः ॥ तथैव तस्याः पुत्राणां ज्येष्ठानां सोढुमर्हति ॥५१॥ यथैवोपेन्द्रतां यातः स्वयमिच्छञ्जनार्दनः ॥ तथैव भ्रातुरिन्द्रस्य सम्मानं कर्तुमर्हति ॥ ५२ ॥ ज्यैष्ठ्यमेतेन देवेन नारब्धं किं पुरातने ॥ अथेदानीमपीच्छेत्स ज्येष्ठोऽस्तु मधुसूदनः ॥ ५३ ॥ सुनिश्चितं बलरिपुमीक्ष्य नारदो विसर्जितस्त्रिदशवरेण धर्मभृत् ॥ ययौ पुरीं यदुवृषभाभिरक्षितां कुशस्थलीं धृतिमतिमांस्तपोधनः ॥ ५४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे नारदस्य स्वर्गात्पुनरागमनं नाम त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथैत्य द्वारकां रम्यां नारदो मुनिसत्तमः ॥ ददर्श पुरुषश्रेष्ठं नारायणमरिन्दमम् ॥ १ ॥ स्ववेश्मनि सुखासीनं सहितं सत्यभामया ॥ विराजमानं वपुषा सर्वतेजोऽतिगामिना ॥ २ ॥ तमेवार्थं महात्मानं चिन्तयन्तं दृढव्रतम् ॥ केवलं योजयन्तं च वाक्यमात्रेण भामिनीम् ॥ ३ ॥ दृष्ट्वैव नारदं देवः प्रत्युत्थाय अधोक्षजः ॥ पूजयामास च तथा विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ ४ ॥ सुखोपविष्टं विश्रान्तं प्रहस्य मधु-

हे महाराज! इन्द्र किसी तरह पारिजात न देंगे, यह देखकर देवर्षि नारद उनसे विदा लेकर भगवान कृष्णके द्वारा सुरक्षित कुशस्थली (द्वारका) को चल पड़े ॥ ५४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७३ ॥

(कश्यपकृत रुद्रस्तोत्र) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवर्षि नारदने द्वारकामें पहुँचकर देखा कि भगवान कृष्ण सत्यभामाके साथ आनन्दपूर्वक विराजमान हैं। पारिजातके ही विषयमें चर्चा चल रही है और वे अपने वचनकौशलसे सत्यभामाको सन्तुष्ट कर रहे हैं ॥ १–३ ॥ उन्होंने जैसे ही देवर्षि नारदको उपस्थित देखा, तत्काल उठ खड़े हुए और अर्घ्य-पाद्य अर्पण करके उनका विधिवत् पूजन किया ॥ ४ ॥ तदनन्तर जब नारदजी आनन्दपूर्वक विराजमान हो गये और कुछ देर उन्होंने विश्राम कर लिया। तब भगवानने बैठकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनसे पारिजातके विषयका वृत्तान्त पूछा ॥ ५ ॥ हे महाराज जनमेजय ! मुनिवर नारदने, देवराज इन्द्रने जो बातें कही थीं, उन्हें ज्योंका त्यों कह सुनाया ॥ ६ ॥ देवर्षि नारदका वचन सुनकर भगवान कृष्णने कहा—हे धार्मिकश्रेष्ठ ! कल प्रातःकाल मैं देवराजकी राजधानी अमरावतीपुरीको जाऊँगा ॥ ७ ॥ ऐसा कहकर वे नारदके साथ समुद्रतटपर गये। वहाँ एकान्तमें उन्होंने नारदसे कहा—। ८ ॥ हे तपोधन ! आप आज ही इन्द्रके पास जाइए और मेरी ओरसे प्रणाम करके कहिए कि वे युद्धमें मेरे सम्मुख कदापि न टिक सकेंगे और मैं स्वर्गसे पारिजात वृक्षको अवश्य ले आऊँगा ॥ ९ ॥ भगवानके ऐसा कहनेपर नारद तत्काल वहाँसे चलकर स्वर्गमें इन्द्रके पास जा पहुँचे और आनुपूर्विक रूपसे भगवानका सन्देश उनको सुना दिया ॥ १० ॥ तदनन्तर बलनिषूदन इन्द्रने देवगुरु बृहस्पतिके पास जाकर सब समाचार सुनाया। तब उन्होंने इन्द्रको धिक्कारते हुए कहा—इन्द्र ! मैं कुछ समयके लिए

सूदनः ॥ वृत्तान्तं परिपप्रच्छ पारिजाततरुं प्रति ॥५॥ अथाचष्ट मुनिः सर्वं विस्तरेण तपोधनः ॥ इन्द्रानुजायेन्द्रवाक्यं निखिलं जनमेजय ॥६॥
श्रुत्वा कृष्णस्तु तत्सर्वं नारदं वाक्यमब्रवीत् ॥ अमरावतीं पुरीं यास्ये श्वोऽहं धर्मभृतां वर ॥७॥ इत्युक्त्वा नारदेनैव सहितः सागरं ययौ ॥
संदिदेश ततस्तत्र विविक्ते नारदं हरिः ॥८॥ महेन्द्रभवनं गत्वा अद्य ब्रूहि तपोधन ॥ अभिवाद्य महात्मानं मद्वाक्यममरोत्तमम् ॥९॥
न युद्धे प्रमुखे शक्र स्थातुमर्हसि मे प्रभो ॥ पारिजातस्य नयने निश्चितं त्वमवेहि माम् ॥१०॥ एवमुक्तस्तु कृष्णेन नारदस्त्रिदिवं गतः ॥
आचचक्षेऽथ कृष्णोक्तं देवेन्द्रस्यामितौजसः ॥११॥ ततो बृहस्पतेः शक्रः शशंस बलनाशनः ॥ श्रुत्वा बृहस्पतिर्देवमुवाच कुरुनन्दन ॥१२॥
अहो धिग्ब्रह्मसदनं मयि याते शतक्रतो ॥ दुर्नीतमिदमारब्धमत्र भेदो हि दारुणः ॥१३॥ अनाख्यात्वा कथं नाम भवता भुवनेश्वर ॥ ममैतत्कृत्य-
मारब्धं देव केनापि हेतुना ॥१४॥ अथवा भवितव्येन कर्मजेन प्रयुज्यते ॥ जगद्वृत्रघ्न विविधं न शक्यमनिवर्तितुम् ॥१५॥ सहसैव तु कार्याणा-
मारम्भो न प्रशस्यते ॥ तदेतत्सहसाऽऽरब्धं कार्यं दास्यति लाघवम् ॥१६॥ बृहस्पतिं महात्मानं महेन्द्रस्त्वब्रवीद्वचः ॥ एवं गतेऽद्य यत्कार्यं तद्भ-
वान्वक्तुमर्हति ॥१७॥ तमुवाचाथ धर्मात्मा गतानागततत्त्ववित् ॥ अधोमुखश्चिन्तयित्वा बृहस्पतिरुदारधीः ॥१८॥ यतस्व सह पुत्रेण योधयस्व
जनार्दनम् ॥ तथा शक्र करिष्यामि यथा न्याय्यं भविष्यति ॥१९॥ बृहस्पतिस्त्वेवमुक्त्वा क्षीरोदं सागरं गतः ॥ आचष्ट मुनये सर्वं कश्यपाय

ब्रह्मलोक चला गया और इसी बीच आपने मन्त्रभेदजनक इतना बड़ा अनर्थ उपस्थित कर दिया ? ॥११–१३॥ मुझको बताये बिना आपने ऐसे काममें हाथ ही क्यों डाला ? ॥ १४ ॥ अथवा भवितव्यता ही सब कुछ करती है। समस्त संसार जब भवितव्यका उल्लंघन नहीं कर सकता तो तुम्हारा क्या अपराध है ? ॥ १५ ॥ कुछ भी हो, सहसा कोई काम कर डालना अच्छा नहीं होता। इस प्रकारका कार्य करनेसे ही अन्तमें पराजित होना पड़ता है ॥ १६ ॥ तब देवराजने कहा—भगवन् ! जो होना था सो तो हो चुका। अब जो करना उचित हो, वह बताइए ॥ १७ ॥ तदनन्तर त्रिकालज्ञ और बुद्धिमान् सुरगुरुने क्षणभर मुख नीचे करके सोचा। उसके बाद बोले—॥ १८ ॥ देवराज ! इस समय तो आप अपने पुत्रके साथ उनसे युद्ध ही करिए। मैं ऐसा करूँगा कि जिससे न्याय हो ॥ १९ ॥ देवगुरु बृहस्पति इन्द्रसे ऐसा कहकर क्षीरसागरके तटपर गये और वहाँ उन्होंने मुनिवर कश्यपको सब हाल बताया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ २० ॥ यह समाचार सुनते ही महात्मा कश्यपने क्रोधसे लाल होकर कहा—ऐसा क्यों न होगा ? जब इन्द्रने महर्षि गौतम अर्थात् देवशर्माकी सुन्दरी पत्नी अहल्याकी दूषित कामना की है, तब उनका पराभव निश्चित है । २१ ॥ २२ ॥ उनके उसी दोषकी शान्तिके लिए मैंने यह उदवास व्रत लिया था । फिर भी मैं इन्द्रकी रक्षा नहीं कर सका और जो होना था, वही हुआ ॥२३॥ जो भी हो, उन दोनोंकी माता अदितिके साथ मैं वहाँ जाऊँगा और मध्यस्थ बनकर उन्हें युद्धसे रोकूँगा । फिर भी यदि दैव अनुकूल न हुआ तो मैं कर ही क्या सकता हूँ ॥ २४ ॥ तब देवगुरु बृहस्पतिने मरीचितनय कश्यपसे कहा—हे तपोधन ! ऐसा कुछ करिए कि जिससे आप ठीक समयपर वहाँ पहुँच जायँ ॥२५॥ महर्षि कश्यपने उनकी बात मान ली और उन्हें विदा करके स्वयं देवमाता अदितिके साथ शंकरभगवानका पूजन करनेके लिए चले गये ॥ २६ ॥ तदनन्तर अपनी भार्याके साथ महामुनि कश्यपने वरप्राप्तिके निमित्त सर्वप्रथम

महात्मने ॥ २० ॥ तच्छ्रुत्वा कश्यपः क्रुद्धो बृहस्पतिमभाषत ॥ अवश्यं भाव्यमेतद्धोः सर्वथा नात्र संशयः ॥ २१ ॥ इच्छतः सदृशीं भार्यां महर्षेर्देवशर्मणः ॥ अपध्यानकृतो दोषः पतत्येव शतक्रतोः ॥ २२ ॥ अस्य दोषस्य शान्त्यर्थमारब्धश्च मुने मया ॥ उदवासः स दोषश्च प्राप्त एव सुदारुणः ॥ २३ ॥ तद्गमिष्यामि मध्येऽस्य सहादित्या तपोधन ॥ उभौ तौ वारयिष्यामि दैवं संवदते यदि ॥ २४ ॥ बृहस्पतिस्तु धर्मात्मा मारीचमिदमब्रवीत् ॥ प्राप्तकालं त्वया तत्र भवितव्यं तपोधन ॥ २५ ॥ तथेति कश्यपश्चोक्त्वा संप्रस्थाप्य बृहस्पतिम् ॥ जगामार्चयितुं देवं रुद्रं भूतगणेश्वरम् ॥ २६ ॥ तत्र सौम्यं महात्मानमानर्च वृषभध्वजम् ॥ वरार्थं कश्यपो धीमानदित्या सहितः प्रभुः ॥ २७ ॥ तुष्टाव च तमीशानं मारीचः कश्यपस्तदा ॥ वेदोक्तैः स्वकृतैश्चैव स्तवैः स्तुत्यं जगद्गुरुम् ॥ २८ ॥ कश्यप उवाच ॥ उरुक्रमं विश्वकर्माणमीशं जगत्स्रष्टारं धर्मदृश्यं वरेशम् ॥ स सर्वं त्वां धृतिमद्धाम दिव्यं विश्वेश्वरं भगवन्तं नमस्ये ॥ २९ ॥ यो देवानामधिपः पापहर्ता तं तं विश्वं येन जगन्मयत्वात् ॥ आपो गर्भं यस्य शुभा धरित्र्यो विश्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये ॥ ३० ॥ शालावृकान् यो यतिरूपो निजघ्ने दत्तानिन्द्रेण प्रणुदो हितानाम् ॥ विरूपाक्षं सुदर्शनं पुण्ययोनिं विश्वेश्वरं शरणं यामि मूर्ध्ना ॥ ३१ ॥ भुङ्क्ते य एको विभुर्जगतो विश्वमग्र्यं धाम्नां धाम सुकृतित्वान्न धृष्यः ॥ पुष्यात्स मां महसा शाश्वतेन

सोममूर्ति महादेवकी पूजा की ॥२७॥ पूजनके पश्चात् वे वैदिक तथा स्वरचित मंत्रोंसे स्तुतियोग्य तथा जगद्गुरु शिवजीकी स्तुति करने लगे ॥२८॥ महामुनि कश्यप बोले—हे प्रभो ! आपके पादविक्षेपमात्रसे समस्त विश्व परिपूर्ण हो जाता है । आप विश्वकर्मा, सर्वेश, जगत्स्रष्टा, पुण्यप्राप्य, वरदाता, शर्व, धैर्यशाली व्यक्तियोंके आश्रय और सर्वेश्वर हैं, मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ २९ ॥ आप देवादिदेव, पापसंहर्ता, सर्वाधारस्वरूप तथा जलके स्रष्टा हैं और जगन्मय कहलाते हुए समस्त संसारमें व्याप्त रहते हैं । अतएव मैं आपकी शरणमें हूँ ॥३०॥ हे विरूपाक्ष ! इन्द्र वेदान्तविहीन यतियोंको इन्द्रियरूपी शालावृकों (कुत्तों) के हाथमें सौंप देता है, किन्तु आप जितेन्द्रिय होकर उन सभी शम-दमादि नष्ट करनेवाले शालवृकोंको नष्ट कर देते हैं। आप प्रियदर्शन और पुण्ययोनि हैं। अतएव मैं नतमस्तक होकर आपको प्रणाम करता हूँ ॥३१॥ हे जगत्प्रभो ! आप अकेले विश्वका पालन और संहार करते हैं। आप सूर्य-चन्द्र आदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ज्योतिर्मय पदार्थोंके भी प्रकाशक हैं। आप साक्षात् ब्रह्मस्वरूप हैं। कोई आपके निकट नहीं जा पाता। आप चिरकालसे सोमरस तथा चन्द्रामृत पान करते आ रहे हैं। आप ही मुनिजनोंको स्वर्गादि लोक प्रदान करते हैं। अतएव मैं आपकी शरणमें आया हूँ। आप मेरा पालन करें ॥ ३२ ॥ हे भूतभावन ! आप अथर्ववेदप्रतिपाद्य, पञ्चमुण्ड, घोर, कृती और दानवनाशक हैं। यज्ञमें आप ही के निमित्त होम किया जाता है और आपकी ही पूजा होती है। अतएव मैं आप विश्वेश्वरके शरणागत हूँ ॥३३॥ हे विश्वात्मन् ! आपने ही इस विश्वरूपी इन्द्रजालकी रचना की है। आप अपने शरणागत प्राणियोंको निहाल कर देते हैं। आप ऊर्ध्वगामी रथपर बैठकर चलते हैं। अतएव हे स्वामिन् ! आप मुझपर प्रसन्न हों ॥ ३४ ॥ हे महादेव ! आप सब जीवोंके अन्तर्यामी और ज्ञानस्वरूप हैं। आपके द्वारा ही वेदोंकी विभिन्न शाखाओंकी उत्पत्ति हुई है। आप असाधारण बलवान्, धर्मप्रवर्तक, विश्वपूज्य, सहस्रनेत्र और उग्र कहलाते हैं। आप असंख्य मार्गोंसे अपने उपासकोंको फल प्रदान करते हैं। अतएव आप विश्वस्रष्टा महादेवको मैं प्रणाम करता हूँ ॥ ३५ ॥ हे चन्द्रचूड़ ! आप असंसक्त और योगगम्य हैं। वेदोंमें

सोमपानां मरीचिपानां वरिष्ठः ॥ ३२ ॥ अथर्वाणं सुशिरसं भूतयोनिं कृतिनं वीरं दानवानां च बाधम् ॥ यज्ञे हुतिं यज्ञियं संस्कृतं वै विश्वेश्वरं शरणं यामि देवम् ॥ ३३ ॥ जगज्जालं विततं यत्र विश्वं विश्वात्मानं प्रीतिदेवं गतानाम् ॥ य ऊर्ध्वगं रथमास्थाय याति विश्वेश्वरः सुमना मेऽस्तु नित्यम् ॥ ३४ ॥ अन्तश्चरं रोचनं चारुशाखं महाबलं धर्मनेतारमीड्यम् ॥ सहस्रनेत्रं शतवर्त्मानमुग्रं महादेवं विश्वसृजं नमस्ये ॥ ३५ ॥ शुचिं योगं शंसनं शान्तपापं सर्वं शंभुं शंकरं भूतनाथम् ॥ धुरंधरं गोपतिं चन्द्रचिह्नं हृषीकाणामयनं यामि मूर्ध्ना ॥ ३६ ॥ आशुः शिशानं वृषभं रोरुवाणं कृतं धर्मं वितथं चाशुशेषम् ॥ वसुन्धरं सम्मृजीकं समं त्वां धृतव्रतं शूलधरं प्रपद्ये ॥ ३७ ॥ अनन्तवीर्यं धृतकर्माणमाद्यं यज्ञाशेषं यजतां चाभियोज्यम् ॥ हविर्भुजं भुवनानां सदैव ज्येष्ठं द्विजं धर्मभृतां प्रपद्ये ॥३८॥ परं गुणेभ्यः पृश्निगर्भस्वरूपं यशःशृङ्गं व्यूहनं कान्तरूपम् ॥ शुद्धात्मानं पुरुषं सत्यधाम संमोहनं दुष्कृतिनां नमस्ये ॥ ३९ ॥ युक्तोङ्कारं स्वशिरसं चारुकर्म दृढव्रतं दृढधन्वानमाजम् ॥ शूरं वेत्तारं धनुषोऽस्त्रातिरेकं पतिं पशूनां शमनं नमस्ये ॥ ४० ॥ एको रातिश्चैव भूतं भविष्यं सर्वातिथिर्यो हि जुषत्यरिघ्नः ॥ अरिन्तुदोऽनुत्तमः संविभागी

आपकी ही प्रशंसा भरी पड़ी है। आप शर्व, शम्भु, शंकर, भूतनाथ, जगद्धुरन्धर, गोपति, चन्द्राङ्कित तथा इन्द्रियोंके आश्रय हैं। अतएव मैं मस्तक झुकाकर आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ३६ ॥ हे शूलधारिन् ! आप अपने आराधकोंको शीघ्र फल देते हैं। आपमें राग-द्वेषादि दोषोंका सर्वथा अभाव रहता है। आप वृषभ अर्थात् शमादि गुणोंके वर्षक हैं। आप प्रातःकालसे यज्ञादि कार्यक्रमकी घोषणा करते रहते हैं। आप अनुष्ठित, धर्म तथा वितथ हैं। फलभोगसे सम्बन्धित पुण्य शीघ्र नष्ट हो जाते हैं। आप शुद्धियुक्त कर्म, पुण्यवान् और सर्वरूप हैं। अतएव मैं आप शूलधारी भगवानकी शरण गहता हूँ ॥३७॥ हे आदिदेव ! आप अनन्तवीर्य, कर्मफलके साक्षी, पुरुषार्थस्वरूप, यज्ञ, हविर्भुक् और धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ हैं। अतएव मैं आपकी शरणमें हूँ ॥३८॥ हे गुणातीत ! आप विष्णुस्वरूप, जगत्के विक्षोभस्वरूप, शुद्धात्मा, पुरुष, सत्यके आश्रय और दुराचारियोंके मोहदाता हैं। अतएव मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥३९॥ आप योगियोंके ॐकार और ॐकारके भी अर्धमात्रास्वरूप हैं। आपके कार्य अतिमनोहर होते हैं। आप दृढ़व्रत, दृढ़धन्वा, युद्धस्वरूप, शूर, धनुर्वेदके ज्ञाता तथा सब अस्त्रोंमें प्रधान हैं और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आपके ही द्वारा जीवोंका संहार होता है। अतएव मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ४० ॥ हे देव! आप ही जगत्के अद्वितीय मित्र हैं। आप अतीत और अनागत हैं। आप ही अग्निस्वरूप होकर सब प्रकारकी हवियोंका भोजन करते हैं। आपके द्वारा कामादि दोषोंका नाश होता है। आप शत्रुनाशन, विभाजक और विभाज्य हैं। अतएव आप मेरी रक्षा करें ॥ ४१ ॥ हे विश्वेश्वर! आप संसारके अद्वितीय ईश्वर होते हुए भी जल, चन्द्रमा तथा सूर्यादि रूपोंमें परिणत हो जाते हैं। आप जीवनके भी जीवनस्वरूप हैं। आप दयालु तथा मैत्रीभावसे सम्पन्न हैं। अतएव आप हमको श्रेय प्रदान करिए ॥४२॥ हे ब्रह्मस्वरूप! जिन चतुर्मुख ब्रह्माजीने भुवनश्रेष्ठ मर्त्यलोककी सृष्टि की थी, जो ऐश्वर्यादि षड्गुणोंसे सदा परितृप्त रहते हैं और जो ॐकार-स्वरूप इस प्रपंचकी सृष्टि करके स्वयं भी उसीमें प्रविष्ट हो जाते हैं, वह चतुर्मुख ब्रह्मा आप ही हैं। आप कामादि दोषोंके नाशक, विविध अङ्गों द्वारा बहुत रूपोंमें दीखनेवाले, अतीन्द्रिय पदार्थोंके भी प्रकाशक, विद्वान्, सम्पूर्ण, विषयस्पर्शी, शम्भु, प्राणदाता, कृत्तिवासा, परमानन्द, प्राणपति, यज्ञकर्ता और फलदाता हैं। आपके द्वारा ही ज्ञानके अधिकारकी प्राप्ति होती है

विभाजको मां भगवान्पातु देवः ॥ ४१ ॥ य एको याति जगतां विश्वमीशो य एकोऽदान्मरुतां प्राणमग्र्यम् ॥ येनानृशंस्याच्छाश्वतं साम जुष्टं स मां जुष्यात्सुकृतिश्रेयसेऽद्य ॥ ४२ ॥ ब्रह्माऽसृजद्यो भुवनोत्तमोत्तमं तृप्तो विद्वान्ब्राह्मणः षड्गुणस्य ॥ सृष्ट्वा रसं व्याहृतिस्थं समग्रं स मां पायादिह बहुरूपोऽरिहाङ्गैः ॥ ४३ ॥ व्यञ्जनोऽजनोऽथ विद्वान्समग्रः स्पृशिः शम्भुः प्राणदः कृत्तिवासाः ॥ रसो ध्रुवः पवमानस्य भर्ता सपत्नीशः शंकरः सारधाता ॥ ४४ ॥ त्र्यम्बकं पुष्टिदं वो ब्रुवाणं धर्मं विप्राणां वरदं यज्वनां च ॥ वराद्वरं रणजेतारमीशं देवं देवानां शरणं यामि रुद्रम् ॥ ४५ ॥ आस्यं देवानामन्तकं दुष्कृतीनां त्रिवृत्स्तोमं वृक्षहं कर्मसाक्ष्यम् ॥ भूतायनं पूतपतिं गुणज्ञं गुणाकरं शरणं यामि रुद्रम् ॥ ४६ ॥ अनुद्धृतं यज्ञ-कर्तारमन्तं मध्यं चाद्यं यज्ञकृतां साम्यरूपम् ॥ वेदव्रतेषु बहुधा गीतमीशमभित्रिविष्टपं शरणं यामि रुद्रम् ॥ ४७ ॥ महाजिनं व्रतिनं मेखलालं सुतोषणं क्रोधधवं विपापम् ॥ भूतं चेत्रज्ञं गुणिनं वा कपर्दिनं नतोऽस्मीशं वन्दनं वन्दनानाम् ॥ ४८ ॥ देवं देवानां पावनं पावनानां कृतिं कृतीनां महतो महान्तम् ॥ शतात्मानं संस्तुतं गोपतीनां पतिं देवं शरणं यामि रुद्रम् ॥ ४९ ॥ अन्तश्चरं पुरुषं गुह्यसंज्ञं प्रभास्वन्तं प्रणवं विप्रदी-

॥ ४३ । ४४ ॥ आप पुष्टिवर्द्धन, विप्रोंको धर्मोपदेश देनेवाले, याज्ञिकोंके यज्ञफलदाता, श्रेष्ठतर, समरविजयी, ईश और देवदेव हैं। अतएव मैं आपका शरणागत हूँ ॥४५॥ हे भूतनाथ! आप अग्निरूपमें देवताओंके मुखियास्वरूप हैं। आप पापियोंके लिए कालस्वरूप हैं। आप त्रिवृदादि सोमयाग, संसारवृक्षके संहर्ता, कर्मसाक्षी तथा अन्तमें सब प्राणियोंके विलयस्थान हैं। आप गुणज्ञ, गुणाकर और भूतपति हैं। अतएव मैं आपके शरणागत हूँ ॥ ४६ ॥ हे रुद्र! आप अनुद्धृत, यज्ञकर्ता, यज्ञके आदि, जगत्के आदि, मध्य, अन्त हैं और चिरकालतक एकभावसे रहते हैं। वेदव्रतीजन आपको देवतास्वरूप कहते हैं। आप स्वर्गके नियन्ता हैं। अतएव मैं आपके शरणागत हूँ ॥ ४७ ॥ हे शिव! आप गजचर्मधारी, व्रतवान्, मेखलाभूषित, आशुतोष, क्रोधधारी, निष्पाप, नित्यसिद्ध, देह-इन्द्रिय तथा अहंकारादिके प्रकाशक, गुणी, कपर्दी तथा वन्दनीयोंके भी वन्दनीय हैं। अतएव मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥४८॥ हे देव! आप देवताओंके भी देवता, पवित्रको भी पवित्र करनेवाले, कृतियोंके भी कृती, महात्माओंके भी महात्मा और अनन्तमूर्ति हैं। इन्द्रियोंके अधिष्ठातृदेवता भी नित्य आपकी स्तुति करते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रहते हैं। आप नेत्रोंके भी नेत्र हैं। अतएव मैं आपका शरणागत हूँ ॥४९॥ हे देव! आप अदृश्यरूपसे सब जीवोंके अन्तस्तलमें विचरण करते रहते हैं। आप प्रणव, प्रदीपविहीन, किन्तु स्वयं प्रकाशस्वरूप, जीवनामक प्रतिबिम्बके हेतु, शुभदाता और गुणी हैं। अतएव मैं आपकी वन्दना करता हूँ ॥५०॥ हे विभो! आप इस जगत् और जीव दोनोंके मूल कारण हैं, किन्तु आपका मूल कारण कोई भी नहीं है। आप अतिशय सूक्ष्म हैं। आप पंचभूतोंसे भी पृथक् रहते हैं, किन्तु पंचभूत आपसे पृथक् नहीं रहते। आप स्वयं जगत्के रूपमें परिणत हो गये हैं और अन्तमें यह जगत् आपमें ही विलीन हो जाता है। आप दाता, द्रव्यके आस्वाद, हर्ष, विषाद और रमणीय हैं। अतएव आप मेरी रक्षा करें ॥ ५१ ॥ हे महेश्वर! आप अन्तर्यामी हैं और सदा सबके निकट रहते हैं, किन्तु साधकोंके और भी निकट रहा करते हैं। आप श्रद्धालु पुरुषोंको 'सोऽहम्'का ज्ञान प्रदान करते हैं। आप प्रमथगणोंके अधिपति, अन्वेष्टव्य वस्तु एवं सर्वज्ञादि षड्गुणोंके पूरक हैं। अतएव आप मेरी रक्षा करें ॥ ५२ ॥ हे देव! आपके द्वारा ही मनुष्योंकी आधि-व्याधि दूर होती है और आप सब प्राणियोंके सृष्टिकर्ता होते हुए भी

पम् ॥ हेतुं परं परमस्याक्षरस्य शुभं देवं गुणिनं सन्नतोऽस्मि ॥ ५० ॥ प्रसूतिरुभयोर्न प्रसूतश्च सूक्ष्मः पृथग्भूतेभ्यो न पृथक्चैकभूतः ॥ स्वयं भूतः पातु मां सर्वसादः प्रदः स्वादः संमदः पातु रत्नम् ॥५१॥ आसन्नः सन्नतरः साधनानां श्रद्धावतां श्राद्धवृत्तिप्रणेता ॥ पतिर्गणानां महतां सत्कृतीनां पायान्मेषः पूरणः षड्गुणानाम् ॥ ५२ ॥ अन्तर्बहिर्वृजिनानां निहन्ता स्वयं कर्ता भूतभावी विकुर्वन् ॥ धृतायुधः सुकृतिनामुत्तमौजाः प्रणुद्यान्मे वृजिनं देवदेवः ॥ ५३ ॥ येनोद्धृतास्त्रैः पुरा मायिनो वै दग्धा घोरेण वितथान्ताः शरेण ॥ महत्कुर्वन्तो वृजिनं देवतानां ज्यायानीशः पातु विश्वोदधाता ॥ ५४ ॥ भागीयसां भागमतोऽन्तमिच्छन्मखो दाक्षो येन कृतोन्वधावत् ॥ विद्वान्यज्ञस्यादिरथान्तः स देवः पायादीशो मां दक्षयज्ञान्तहेतुः ॥ ५५ ॥ अन्यो धन्यः संस्कृतश्चोत्तमश्च जगत्सृष्ट्वा योऽस्ति सर्वातिगुह्यः ॥ स मां मुखप्रमुखे पातु नित्यं विचिन्वानः प्रथमः षड्गुणानाम् ॥ ५६ ॥ गुणत्रैकाल्यं यस्य देवस्य नित्यं सत्त्वोद्रेको यस्य भावात्प्रसूतः ॥ गोप्ता गोप्तृणां सन्नदो दुष्कृतीनामाद्यो विश्वस्य बाधमानस्य क्रुद्धः ॥ ५७ ॥ धाम्नो यस्य हरिरग्रोऽथ विश्वो ब्रह्मा पुत्रैः सहितश्च द्विजाश्च ॥ पराभूता भवने

उपादानस्वरूप हैं। आपसे ही क्रोधादि विकारोंकी उत्पत्ति होती है। आप विविध अस्त्र धारण किये रहते हैं। अतएव हे प्रभो! आप सुकृती पुरुषोंका पाप दूर करिए ॥ ५३ ॥ हे विश्वविधाता! आपने अपने विकराल बाणोंसे विपुल शस्त्रास्त्रधारी त्रिपुरासुर और उसके साथी दैत्योंका संहार करके देवताओंका कण्टक दूर किया था। वे दैत्य घोर पातकी थे। अतएव आपकी बाणाग्निमें दग्ध होनेपर भी उनकी मृत्यु निष्फल हो गयी। अतएव हे देवेश्वर! आप मेरा निस्तार करिए ॥ ५४ ॥ हे दक्षयज्ञनाशन! प्रजापति दक्ष आपको प्राप्य यज्ञभाग लुप्त कर देना चाहते थे। अतएव आपने उनका यज्ञ भंग कर दिया। इसी कारण अन्तमें उन्हें दौड़कर आपकी ही शरणमें जाना पड़ा। हे स्वामिन्! इस समय आप मेरी रक्षा करिए ॥५५॥ हे ऐश्वर्यादि षड्गुणोंके आश्रय! जो ब्रह्मरूपसे जगत्की सृष्टि करते, जो रुद्ररूपसे सृष्टिका संहार करते और जो सामवेदके निपुण गायक होकर जगत्का पालन करते हैं। आप उनके सर्वस्व हैं। आप यज्ञस्थलीमें सभी जीवोंको आत्ममय देखते हैं। अतएव आप मेरे पुत्र इन्द्रकी रक्षा करके मेरा निस्तार करिए ॥५६॥ सृष्टि-स्थिति-प्रलय जिनका प्रवाहस्वरूप है अर्थात् जिनके द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है, जिनके द्वारा सत्त्वगुणका उद्रेक होता है और जिनसे जगत्का पालनकार्य सम्पन्न होता है, उन विष्णुरूप देवतासे ही भगवान कृष्णकी उत्पत्ति हुई है। वे इन्द्रादि रक्षकोंके भी रक्षक तथा दुराचारियोंके नाशक हैं। यद्यपि वे माता-पिताकी तरह संसारका पालन करते हैं, किन्तु जो लोग जगत्में विघ्न उपस्थित करते हैं तो वे क्रुद्ध होकर उनका संहार कर देते हैं ॥५७॥ अतएव जो विष्णु भगवानके सूक्ष्मस्वरूप हैं, वे ही विराट्स्वरूप विष्णु एवं ब्रह्मा सनकादि पुत्रों और मरीचिप्रभृति ब्राह्मणोंके साथ आकर आपके भवनमें प्रवेश न पाकर द्वारपर ही खड़े रहते हैं। अतएव हे सोममूर्ति महादेव ! आप मुझपर प्रसन्न होकर मेरी रक्षा करिए ॥५८॥ आकाशादि पंचमहाभूत आपसे ही उत्पन्न हुए हैं, वे आपमें ही अवस्थित रहते हैं और अन्तमें आपमें ही लय हो जाते हैं। आप धृति, विभूति और श्रुतिस्वरूप हैं। जो कोई किसी ग्रहसे पराजित होता है, वह आपकी शरणमें उपस्थित होता है। हे देव ! जिस तरह समस्त विश्व स्त्री पुरुषस्वरूप है। उसी प्रकार कारण अर्थात् जिसके द्वारा विश्व उत्पन्न होता है, वह भी स्त्री-पुरुषस्वरूप है। इस विषयमें देवी उमा एवं आपसे भिन्न और कोई भी

यस्य सोमो जुषत्वेष श्रेयसे साधुगोप्ता ॥५८॥ यस्माद्भूतानां भूतिरन्तोऽथ मध्यं धृतिर्भूतिर्यश्च गुहाश्रुतिश्च ॥ गुहाभिभूतस्य पुरुषेश्वरस्य महात्मनः संमृडवेद्यस्य तस्य ॥ ५९ ॥ यल्लिङ्गाङ्कं त्र्यम्बकः सर्वमीशो भगलिङ्गाङ्कं यद्धयुमा सर्वधात्री ॥ नान्यत्तृतीयं जगतीहास्ति किंचिन्महादेवात्सर्वसर्वेश्वरोऽसौ ॥ ६० ॥ इति संस्तूयमानस्तु भगवान्वृषभध्वजः ॥ दर्शयामास धर्मात्मा कश्यपं धर्मधृग्वरम् ॥ ६१ ॥ उवाच चैनं देवेशः प्रसन्नेनान्तरात्मना ॥ येन संस्तौषि कार्येण त्वं तज्जाने प्रजापते ॥ ६२ ॥ इन्द्रोपेन्द्रौ महात्मानौ देवौ प्रकृतिमेष्यतः ॥ पारिजातं तु धर्मात्मा नयिष्यति जनार्दनः ॥ ३६ ॥ अपध्यातो महेन्द्रो हि मुनिना देवशर्मणा ॥ अस्याकाङ्क्षत्पुरा भार्यां तपोदीप्तस्य कश्यप ॥ ६४ ॥ गम्यतां तत्र धर्मज्ञ दाक्षायण्या सह त्वया ॥ अदित्या शक्रसदनं श्रेयस्ते पुत्रयोर्ध्रुवम् ॥ ६५ ॥ इति हरवचनं निशम्य विद्वान्कमलभवात्मजसूनुरप्रमेयः ॥ त्रिदशगणगुरुं प्रणम्य रुद्रं मुदितमनाः सुमनौकसं जगाम ॥ ६६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे हरिवंशपर्वणि पारिजातहरणे कश्यपकृतरुद्रस्तोत्रं नाम चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

नहीं है। आप समस्त ब्रह्माण्डके प्रभु हैं ॥५९॥६०॥ हे महाराज ! धर्मात्मा कश्यपके इस प्रकार वृषभध्वज शंकर भगवानकी स्तुति करनेपर वे प्रसन्न हो गये। उन्होंने महर्षि कश्यपको दर्शन दिया और कहा—हे प्रजापते ! जिस कार्यके लिए आपने मेरी स्तुति की है, वह मुझसे छिपा नहीं है ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ इन्द्र और उपेन्द्र दोनों महापुरुष प्रकृतिस्थ हो जायँगे। किन्तु धर्मात्मा श्रीकृष्ण पारिजात वृक्ष अवश्य ले जायँगे ॥६३॥ क्योंकि पूर्वकालमें इन्द्रने तपोबलसम्पन्न महात्मा देवशर्माकी पत्नीकी कामना की थी। अतएव उन तपोधनने इन्द्रको शाप दे दिया था ॥ ६४ ॥ सो अब आप अपनी दाक्षायणी पत्नी अदितिको साथ लेकर इन्द्रभवनको जाइए। आपके दोनों पुत्रोंका अवश्य कल्याण होगा ॥ ६५ ॥ मरीचितनय कश्यप महादेवके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और शंकरभगवानको प्रणाम करके देवलोक चले गये ॥ ६६ ॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्ण और इन्द्रका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! प्रातःकालके समय सूर्योदय होनेपर परम तेजस्वी भगवान कृष्ण मृगयाके बहाने रैवतक पर्वतकी ओर चल पड़े ॥ १ ॥ चलते समय उन्होंने नरपुंगव सात्यकिको अपने रथमें बैठा लिया और प्रद्युम्नसे कहा—वत्स ! तुम भी मेरे पीछे-पीछे आओ ॥ २ ॥ यह कहकर वे चल दिये । रैवतक पर्वतपर पहुँचकर उन्होंने अपने सारथी दारुकसे कहा—सारथे ! तुम यहाँ ही रथ रोककर घोड़ोंको विश्राम कराओ ॥ ३ ॥ उसके बाद दोपहरतक तुम मेरी प्रतीक्षा करो । मैं लौटकर रथसे ही द्वारका जाऊँगा ॥ ४ ॥ अमित पराक्रमी भगवान कृष्ण दारुकको इस प्रकार आदेश देकर विजयकी अभिलाषासे सात्यकिके साथ गरुड़पर आरूढ़ हुए ॥ ५ ॥ उधर कृष्णतनय प्रद्युम्न एक अन्य आकाशगामी रथपर सवार होकर श्रीकृष्णके पीछे-पीछे चलने लगे ॥६॥ इस प्रकार पारिजातहरणके लिए चलकर भगवान कृष्ण आधे निमेषमें ही इन्द्रके उद्यान नन्दन

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ विष्णुर्महातेजा मुहूर्ताभ्युदिते रवौ ॥ मृगयाव्यपदेशेन ययौ रैवतकं गिरिम् ॥ १ ॥ आरोप्यैकरथे देवः सात्यकिं नरपुङ्गवम् ॥ प्रद्युम्नमनुगच्छेति प्रोक्त्वा कुरुकुलोद्वह ॥ २ ॥ रैवतं च गिरिं देवो गत्वा दारुकमब्रवीत् ॥ मदीयं रथमेनं त्वं ग्रहायेहैव दारुक ॥ ३ ॥ प्रतिपालय मां सौम्य दिनार्द्धं वारयन्हरीन् ॥ रथेनैव प्रवेष्टाऽहं द्वारकां सूतसत्तम ॥ ४ ॥ इति संदिश्य भगवानारुरोह जयोद्यतः ॥ तार्क्ष्यं ससात्यको धीमानप्रमेयपराक्रमः ॥ ५ ॥ पृथग्रथेन कौरव्य प्रद्युम्नः शत्रुसूदनः ॥ आकाशगामिना राजन्पृष्ठतः कृष्णमन्वयात् ॥ ६ ॥ निमेषान्तरमात्रेण नन्दनं काननं हरिः ॥ देवोद्यानं ययौ धीमान्पारिजातजिहीर्षया ॥ ७ ॥ ददर्श तत्र भगवान्देवयोधान्दुरासदान् ॥ नानायुधधरान्वीरान्नन्दनस्थानधोक्षजः ॥ ८ ॥ तेषां संपश्यतामेव पारिजातं महाबलः ॥ उत्पाट्यारोपयामास पारिजातं सतां गतिः ॥ ९ ॥ गरुडं पक्षिराजानमयत्नेनैव भारत ॥ उपस्थितो विग्रहवान्पारिजातः स केशवम् ॥ १० ॥ सान्त्वितो वासुदेवेन पारिजातश्च भारत ॥ उक्तश्च वृक्ष मा भैस्त्वं केशवेन महात्मना ॥ ११ ॥ तं प्रस्थितं तरुं दृष्ट्वा पारिजातमधोक्षजः ॥ अमरावतीं पुरीं श्रेष्ठां ततश्चक्रे प्रदक्षिणाम् ॥ १२ ॥ ते तु नन्दनगोप्तारः पारिजातो द्रुमोत्तमः ॥ ह्रियतीति महेन्द्राय गत्वा नृप शशंसिरे ॥ १३ ॥ अथैरावतमारुह्य निर्ययौ पाकशासनः ॥ जयन्तेन रथस्थेन पृष्ठतोऽनुगतः प्रभुः ॥१४॥ पूर्वमभ्यागतं द्वारं केशवं शत्रुनाशनम् ॥ दृष्ट्वोवाच प्रवृत्तं भोः किमिदं मधुसूदन ॥१५॥ प्रणम्य गरुडस्थोऽथ केशवः शक्रमब्रवीत् ॥

वनमें जा पहुँचे ॥ ७ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रधारी दुर्द्धर्ष देवयोद्धा वहाँ डटे हुए हैं ॥ ८ ॥ उन लोगोंके समक्ष ही खेल-खेलमें भगवानने पारिजातको उत्पाटित करके गरुड़की पीठपर रख लिया ॥ ९ ॥ उसी समय पारिजात मूर्तिमान् होकर भयसे काँपता हुआ कृष्ण भगवानके सम्मुख खड़ा हो गया ॥ १० ॥ भगवानने उसे सान्त्वना देते हुए कहा—तरुवर ! तुम किसी बातकी चिन्ता न करो ॥ ११ ॥ उनका यह वचन सुनकर वह चला गया । इसके बाद श्रीकृष्ण सर्वप्रधान पुरी अमरावतीकी प्रदक्षिणा करने लगे ॥ १२ ॥ हे महाराज ! तत्काल नन्दनवनके रक्षक योद्धाओंने इन्द्रके पास जाकर कहा—देवराज ! महात्मा कृष्ण पारिजातको हरे लिये जा रहे हैं ॥ १३ ॥ यह समाचार सुनते ही इन्द्र ऐरावतपर सवार होकर युद्धके लिए अपनी नगरीसे बाहर निकल पड़े । उनका पुत्र जयन्त रथपर बैठकर उनके पीछे-पीछे चला ॥ १४ ॥ तदनन्तर शत्रुनाशक कृष्णको नगरीके पूर्वद्वार-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पर उपस्थित देखकर इन्द्रने कहा—हे मधुसूदन ! आपने ऐसा क्यों किया ? ॥१५॥ भगवान कृष्णने उन्हें प्रणाम करके कहा—देवराज ! आपकी भ्रातृवधूका पुण्यकार्य सम्पन्न करनेके लिए मुझे पारिजातको ले जाना पड़ रहा है ॥ १६ ॥ तब इन्द्रने श्रीकृष्णको सम्बोधित करके कहा—हे कमलनयन ! बिना युद्ध किये आप पारिजात वृक्षको कदापि यहाँसे नहीं ले जा सकते ॥ १७ ॥ अतएव हे महाबाहु केशव ! पहले आप ही मुझपर प्रहार करिए । आप मेरे वक्षस्थलपर अपनी कौमोदकी गदा चलाइए, जिमसे आपकी प्रतिज्ञा पूर्ण हो जाय ॥ १८ ॥ उसी समय भगवानने हँसकर सर्वप्रथम वज्रतुल्य तीक्ष्ण बाण चलाकर इन्द्रके ऐरावत हाथीको आहत कर दिया ॥१९॥ तत्काल वज्रधारी इन्द्रने अपने बाणोंसे पक्षिराज गरुड़को विद्ध करते हुए अपने बाणबलसे श्रीकृष्णभगवानके वेगवान् बाणोंको काट डाला ॥२०॥ उधर श्रीकृष्णने भी इन्द्रके छोड़े हुए बाणोंको काट दिया । इस प्रकार वे दोनों परस्पर एक दूसरेका बाण काटने

वध्वास्ते पुण्यकार्याय नीयतेऽयं वरद्रुमः ॥ १६ ॥ तमुवाच ततः शक्रो मा मैवं पुष्करेक्षण ॥ अयोधयित्वा न तरुर्नयितव्यस्त्वयाऽच्युत ॥ १७ ॥
प्रहरस्व महाबाहो प्रथमं मयि केशव ॥ प्रतिज्ञा सफला तेऽस्तु मुक्त्वा कौमोदकीं मयि ॥ १८ ॥ ततः कृष्णः शरैस्तीक्ष्णैर्देवराजगजोत्तमम् ॥
बिभेदाशनिसंकाशैः प्रहसन्निव भारत ॥ १९ ॥ विव्याध गरुडं वज्री दिव्यैः शरवरैस्तथा ॥ बाणांश्चिच्छेद सहसा केशवस्य तरस्विनः ॥ २० ॥
यान्यान्मुमोच देवेन्द्रस्तांस्तांश्चिच्छेद माधवः ॥ माधवेन प्रयुक्तांश्च चिच्छेद बलवृत्रहा ॥ २१ ॥ महेन्द्रस्य च शब्देन धनुषः कुरुनन्दन ॥ शार्ङ्गस्य
च निनादेन मुमुहुः स्वर्गवासिनः ॥ २२ ॥ तयोर्वर्तति संग्रामे गरुडस्थो महाबलः ॥ पारिजातं जयन्तोऽथ हर्तुमभ्युद्यतो बली ॥ २३ ॥ प्रद्युम्नमथ
कंसघ्नो वारयेति तदाऽब्रवीत् ॥ ततस्तं वारयामास रौक्मिणेयः प्रतापवान् ॥ २४ ॥ जयन्तो जयतां श्रेष्ठो रौक्मिणेयगदेषुभिः ॥ सर्वगात्रेषु विह-
सन्नाजघान रथे स्थितः ॥ २५ ॥ रथस्थ एव रथिनं कामस्तु कमलेक्षणः ॥ ऐन्द्रिमभ्यर्दयामास बाणैराशीविषोपमैः ॥ २६ ॥ स सन्निपात-
स्तुमुलो बभूव कुरुनन्दन ॥ जयन्तस्य च वीरस्य रौक्मिणेयस्य चोभयोः ॥ २७ ॥ कृतप्रतिकृतं युद्धे चक्रतुस्तौ महाबलौ ॥ महेन्द्रोपेन्द्रतनयौ
जगत्यस्त्रभृतां वरौ ॥ २८॥ देवाश्च मुनयश्चैव ददृशुर्विस्मयान्विताः ॥ तं संग्रामं महाघोरं सिद्धाश्चैव सचारणाः ॥ २९ ॥ ततस्तु प्रवरो नाम देव-

लगे ॥ २१ ॥ हे महाराज जनमेजय ! भगवान कृष्णके शार्ङ्ग तथा इन्द्रके धनुषका शब्द सुनकर समस्त स्वर्गलोकनिवासी घबड़ा गये ॥ २२ ॥ इधर इन्द्र और कृष्णभगवानमें भयानक युद्ध होने लगा । उधर महाबली जयन्त गरुड़की पीठसे पारिजात उठा लेनेके लिए आगे बढ़ा ॥ २३ ॥ तब श्रीकृष्णने प्रद्युम्नको बुलाकर जयन्तको रोकनेका आदेश दिया । तदनुसार परम प्रतापी रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न इन्द्रके पुत्रको रोकनेके काममें लिपट गये ॥ २४ ॥ तदनन्तर विजयी वीरोंमें अग्रणी जयन्त रथमें बैठकर हँसता हुआ अपनी विकराल बाणवर्षासे प्रद्युम्नके अङ्ग-प्रत्यङ्गको क्षत-विक्षत करने लगा ॥ २५ ॥ उसी प्रकार अपने रथपर विराजमान कृष्णतनय काम (प्रद्युम्न) भी सर्पतुल्य बाणोंकी वर्षा करके इन्द्रतनय जयन्तको बींधने लगे ॥ २६ ॥ धीरे-धीरे उन दोनोंका संग्राम भीषण हो उठा । उन दोनोंके प्रयत्नसे दोनोंके शस्त्रास्त्र विफल होने लगे ॥ २७॥ २८ ॥ उस समय सभी देवता, मुनि, सिद्ध तथा चारण-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गण विस्मित चित्तसे उन दोनोंका तुमुल युद्ध देख रहे थे ॥ २९ ॥ उसी समय प्रवर नामका एक महाबली और परम पराक्रमी देवदूत गरुड़की पीठसे पारिजात वृक्ष उड़ा लेनेका उद्योग करने लगा ॥ ३० ॥ वह देवदूत प्रवर ब्रह्माजीका वरदान प्राप्त करके सब प्राणियोंसे अवध्य हो चुका था। वह अस्त्रविद्यामें पूर्ण निपुण और इन्द्रका असाधारण मित्र था ॥ ३१ ॥ वह अपने उत्कृष्ट तपोबल द्वारा जम्बूद्वीपसे स्वर्ग गया और देवराज इन्द्रके साथ मित्रता प्राप्त की ॥ ३२ ॥ उसे आते देखकर श्रीकृष्णने सात्यकिको सम्बोधित करके कहा—सात्यके ! तुम अपनी बाणवर्षासे देवदूत प्रवरको रोको ॥३३॥ किन्तु इस बातसे सावधान रहना कि इस ब्राह्मणके शरीरपर निर्दय बाणोंका प्रहार न होने पाये। इसकी चपलता तुम्हें सहनी ही होगी ॥ ३४ ॥ भगवान सात्यकिसे ऐसा कह ही रहे थे। उसी समय देवदूत प्रवरने आगे बढ़कर सात्यकिपर साठ बाणोंका प्रहार कर दिया ॥ ३५ ॥ तब शिनिके नाती सात्यकिने उसका

दूतो महाबलः ॥ पारिजातं पुनर्हर्तुमियेष कुलनन्दन ॥ ३० ॥ सखा स देवराजस्य महास्त्रविदरिन्दमः ॥ अवध्यो वरदानेन ब्रह्मणः कुरुनन्दन ॥ ३१ ॥ ब्राह्मणस्तपसा सिद्धो जम्बुद्वीपाद्दिवं गतः ॥ स्वशक्त्या नृप संयातः सखित्वं बलघातिना ॥ ३२ ॥ तमापतन्तं संप्रेक्ष्य कृष्णः सात्यकिमब्रवीत् ॥ अत्रस्थ एव प्रवरं शरैर्वारय सात्यके ॥ ३३ ॥ न त्वत्र निर्दयं बाणा मोक्तव्याः सात्यके त्वया ॥ एतद्ब्राह्मणचापल्यं सोढव्यं खलु सर्वथा ॥ ३४ ॥ ततः षष्ट्या रथेषूणां गरुडस्थं द्विजस्तदा ॥ आजघान महाबाहो सात्यकिं प्रवरो भृशम् ॥ ३५ ॥ शिनेर्नप्ता धनुस्तस्य क्षिपतः सायकान्नृप ॥ चिच्छेद पुरुषव्याघ्रो वचनं चेदमब्रवीत् ॥ ३६ ॥ ब्राह्मणो नाभिहन्तव्यस्तिष्ठ तिष्ठ स्ववर्त्मनि ॥ अवध्या यादवानां हि स्वापराधेऽपि हि द्विजाः ॥ ३७ ॥ प्रवरस्तु प्रहस्यैनमुवाच कुरुनन्दन ॥ अलं क्षान्त्या नृणां शूर युद्धय सर्वात्मना रणे ॥ ३८ ॥ जामदग्न्यस्य रामस्य शिष्योऽहमपि यादव ॥ नामतः प्रवरो नाम सखा शक्रस्य धीमतः ॥ ३९ ॥ न देवा योद्धुमिच्छन्ति मन्यन्तो मधुसूदनम् ॥ आनृण्यं सौहृदस्याहमधिगन्तास्मि माधव ॥ ४० ॥ ततस्तयोस्तदा रौद्रः संग्रामो ववृधे नृप ॥ अस्त्रैर्दिव्यैर्नरव्याघ्र शैनेयद्विजमुख्ययोः ॥ ४१ ॥ द्यौश्चचाल तदा राजन्ध्यचलाश्च सहस्रशः ॥ तस्मिन्वर्त्तति संग्रामे तेषामतिमहात्मनाम् ॥ ४२ ॥ नातिशिष्ये रणे कार्ष्णिरैन्द्रिमस्त्रभृतां वरम् ॥ ऐन्द्रिः कार्ष्णि महात्मानं मायिनं शूरसत्तमम् ॥ ४३ ॥ हन्त गृह्ण प्रतीच्छेति तावुभौ योधसत्तमौ ॥ युयुधाते नरश्रेष्ठ परस्परजयैषिणौ ॥ ४४ ॥ अथ

धनुष काटकर कहा—'क्या कहूँ, तुम ब्राह्मण हो। हजार अपराध करनेपर भी यादववीर ब्राह्मणोंका वध नहीं करते। जो भी हो, अब तुम अपने ब्रह्मपथपर चलो' ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ सात्यकिकी बात सुनकर प्रवर हँसा और कहने लगा—'वीरवर ! क्षमा प्रदर्शनकी कोई आवश्यकता नहीं। तुम पूर्ण शक्तिसे मेरे ऊपर प्रहार करो ॥३८॥ मैं जमदग्नितनय परशुरामका शिष्य हूँ। मेरा नाम प्रवर है और मैं इन्द्रका मित्र हूँ ॥ ३९ ॥ भगवान कृष्णका सम्मान करते हुए देवता इस समय युद्ध नहीं करना चाहते। आज मैं इन्द्रके मित्रऋणसे उऋण हो जाऊँगा ॥ ४० ॥ हे महाराज ! तदनन्तर सात्यकि और प्रवरमें विकट शस्त्रयुद्ध प्रारम्भ हो गया ॥ ४१ ॥ उस संग्रामके समय स्वर्ग और असंख्य पर्वत विचलित हो उठे ॥ ४२ ॥ उधर प्रद्युम्न और इन्द्रतनय जयन्त दोनोंमेंसे कोई किसीको नहीं पछाड़ सका ॥ ४३ ॥ वे दोनों परस्पर एक दूसरेको सम्बोधित करके कहते थे कि 'शस्त्र सम्हालो और मेरे ऊपर प्रहार करो।' ऐसा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहकर वे दोनों विजयकी कामना करके परस्पर युद्ध करने लगे ॥ ४४ ॥ पहले इन्द्रपुत्र जयन्तने प्रद्युम्नपर दिव्य शस्त्रका प्रहार किया। उस देदीप्यमान अस्त्रको अपनेपर आते देखकर रुक्मिणीतनय प्रद्युम्नने अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके उसे बीच ही में स्तम्भित कर दिया। वह बाण स्तम्भित होकर अद्भुततर हो उठा ॥४५॥४६॥ क्षण भर बाद वह बाण जलता हुआ रणभूमिमें गिर पड़ा। औरोंकी तो बात ही क्या, स्वयं प्रद्युम्नके लिए भी वह कष्टकर हो उठा था ॥ ४७ ॥ उस बाणकी अग्निमें उनका रथ जल गया, किन्तु वह प्रद्युम्नको नहीं जला सका ॥ ४८ ॥ और वह उन्हें जलाता भी कैसे? अग्नि कितनी भी धधककर अग्निको नहीं जला सकती। अब रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न उस जलते हुए रथसे नीचे उतर गये ॥४९॥ रथसे उतर और आकाशमें रुककर उन्होंने जयन्तसे कहा—॥ ५० ॥ हे महेन्द्रपुत्र! तुमने जिस दिव्य शस्त्रका प्रयोग किया है, ऐसे सैकड़ों शस्त्र भी मेरा विनाश नहीं कर सकेंगे

शार्ङ्गायुधसुतं शचीपुत्रः प्रतापवान् ॥ विभाष्याभ्यहनद्राजन्दिव्येनास्त्रेण सत्वरः ॥ ४५ ॥ सोऽस्त्रं तदभिदीप्यन्तमापतन्तं शितैः शरैः ॥ तस्तम्भे बाणजालेन तदद्भुतमिवाभवत् ॥ ४६ ॥ ततस्तद्दीप्यमानं तु पपात रणमूर्द्धनि ॥ रौक्मिणेयस्य कौरव्य घोरं दानवमर्दनम् ॥ ४७ ॥ तेनास्त्रेण रथो दग्धः प्रद्युम्नस्य महात्मनः ॥ नादहत्तत्सुघोरं तं रौक्मिणेयं नराधिप ॥ ४८ ॥ दहत्यग्निं न खल्वग्निरुद्धतोऽपि विशांपते ॥ दग्धाद्रथान्महाबाहू रौक्मिणेयः प्रचक्रमे ॥ ४९ ॥ अथ नारायणसुतो विरथो रथिनां वरः ॥ स्थितो धनुष्मानाकाशे जयन्तमिदमब्रवीत् ॥ ५० ॥ महेन्द्रपुत्र दिव्यं त्वं यदस्त्रं मुक्तवानसि ॥ नाहमीदृशरूपाणां शक्यो हन्तुं शतैरपि ॥ ५१ ॥ प्रयत्नं कुरु शिक्षाणां यत्नं मेऽद्य प्रदर्शय ॥ नास्ति मेऽतिशयं कर्ता संग्रामेऽमरनन्दन ॥ ५२ ॥ आसीन्मे साध्वसं दृष्ट्वा रथस्थं त्वां धृतायुधम् ॥ बिभेमि तव नेदानीं युद्धे दृष्टबलोऽबलम् ॥ ५३ ॥ मनसा स्मर्यतामेष पारिजातस्त्वया तरुः ॥ शक्यं न खलु हस्ताभ्यां स्प्रष्टव्यो यस्त्वया ह्यसौ ॥ ५४ ॥ रथो मायामयो दग्धस्त्वया यो ह्यस्त्रतेजसा ॥ ईदृशानां सहस्राणि स्रष्टुं शक्तोऽस्मि मायया ॥ ५५ ॥ एवमुक्तो जयन्तश्च मुमोचास्त्रं महाबलः ॥ तपसोपचितं तेन स्वयमेवातितेजसा ॥ ५६ ॥ तत्प्रद्युम्नो महावेगं शरजालैरवारयत् ॥ चत्वार्यस्त्राणि दिव्यानि मुमुचे चापराणि सः ॥ ५७ ॥ दिक्षु सर्वासु रुरुधुस्तान्यस्त्राण्यथ भारत ॥ रौक्मिणेयं महात्मानमन्तरिक्षे च पञ्चमम् ॥ ५८ ॥ महोल्कासदृशान्बाणानस्त्राण्यमरसत्तमः ॥ मुमोच यानि घोराणि प्रद्युम्नं प्रति सर्वतः ॥ ५९ ॥

॥ ५१ ॥ तुम जितना भी यत्न कर सको, करो और शिक्षानैपुण्य प्रदर्शित करो। किन्तु तुम किसी भी तरह मुझे परास्त न कर सकोगे ॥ ५२ ॥ पहले तुम्हें शस्त्र धारण करते देखकर मैं भयभीत हो गया था, किन्तु तुम्हारा बल देखकर अब मुझे कुछ भी भय नहीं है ॥५३॥ अब तुम इस पारिजातका मनसे स्पर्श करके इससे चाहो सो पूछ सकते हो, किन्तु हाथसे इसे नहीं छू सकते ॥ ५४ ॥ मेरे जिस मायामय रथको तुमने अपने शस्त्रके तेजसे जला डाला है, ऐसे हजारों रथ मैं अपने मायाबलसे निर्मित कर सकता हूँ ॥ ५५ ॥ प्रद्युम्नके ऐसा कहनेपर इन्द्रपुत्र जयन्तने बलपूर्वक अपने तपोबलसे उत्पन्न एक दिव्य अस्त्र छोड़ा ॥ ५६ ॥ किन्तु प्रद्युम्नने अपनी बाणवर्षासे उस अस्त्रका निवारण कर दिया। अब जयन्तने उसपर और चार बाण छोड़े ॥ ५७ ॥ उन चारों बाणोंने आकाशमें विद्यमान प्रद्युम्नको चारों ओरसे घेर लिया ॥ ५८ ॥ तभी कृष्णतनय कामदेवने पुनः बाणवर्षा करके उन शस्त्रोंका शान्त कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दियां । तदनन्तर उन्होंने महोल्का सदृश देदीप्यमान अनेक बाण उसके ऊपर बरसाया ॥५९॥६०॥ उसी समय जयन्त फिर अन्यान्य तीक्ष्ण बाणोंसे प्रद्युम्नको विद्ध करने लगा ॥६१॥ उस समय सभी स्वर्गलोकनिवासी पुण्यात्मागण महात्मा प्रद्युम्नके अध्यवसाय तथा शिक्षानैपुण्यको देखकर उनकी प्रशंसा करने लगे । जिससे एक विचित्र प्रकारकी ध्वनि सारी रण-भूमिमें गूँज उठी ॥६२॥ इधर शिनिपुङ्गव सात्यकिने अपनी तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षासे प्रवरके धनुष तथा अङ्गुलिभागको छिन्न-भिन्न कर दिया ॥६३॥ इसके बाद प्रवरने महेन्द्र द्वारा प्रदत्त वज्रके समान घोष करनेवाला एक दूसरा धनुष हाथमें लिया और उससे सूर्यकी किरणोंके समान जलजलाते हुए बाणोंकी वर्षा करने लगा ॥ ६४ ॥ उसी समय प्रवरकी बाणवर्षासे सात्यकिका धनुष कट गया और उनके अंग-प्रत्यंग घायल हो गये ॥ ६५ ॥ तनदन्तर धीमान् सात्यकिने दूसरा दृढ़ धनुष ले लिया और उससे अपने बाणों द्वारा प्रवरको बींधने लगे

तानि सर्वाणि बाणौघैः कार्ष्णिरस्त्राण्यवारयत् ॥ जयन्तं चापरैर्बाणैर्विव्याध निशितैस्तदा ॥ ६० ॥ ततो नादः समुत्सृष्टो ह्यमरैः पुण्यकर्मभिः ॥ दृष्ट्वा स्थैर्यं च शैघ्रयं च प्रद्युम्नस्य महात्मनः ॥६१॥ प्रवरस्यापि बाणेन शितेन शिनिपुङ्गवः ॥ चिच्छेदेष्वासनं वीरो हस्तावापं च भारत ॥६२॥ ततोऽन्यत्स तु जग्राह महच्चद्धनुरुत्तमम् ॥ महेन्द्रदत्तं प्रवरो महाशनिसमस्वनम् ॥ ६३ ॥ स येन वीरो महता धनुषा विप्रसत्तमः ॥ शरान्मुमोच विविधानर्करश्मिनिभांस्तदा ॥ ६४ ॥ चकर्त च धनुश्चित्रं शैनेयस्यामितौजसः ॥ विव्याध सर्वगात्रेषु बाणैरपि च सात्यकिम् ॥ ६५ ॥ धनुरादाय शैनेयस्ततोऽन्यत्कुरुनन्दन ॥ दृढं भारसहं धीमान्विव्याध प्रवरं रणे ॥ ६६ ॥ उच्चकर्ततुरन्योन्यवर्मणी तौ शितैः शरैः ॥ गात्रेभ्यश्चैव मांसानि मर्मभिद्भिः शरोद्यमैः ॥६७॥ अथाष्टधारबाणेन पुनरिष्वासनं द्विधा ॥ चिच्छेद प्रवरो वीरस्त्रिभिश्चैनमताडयत् ॥६८॥ अन्यदिष्वासनं तं तु ग्रही-तुमनसं द्विजः ॥ गदया ताडयामास क्षेप्यया लघुहस्तवान् ॥ ६९ ॥ सोऽसिं चर्म च जग्राह सात्यकिः प्रहसन्निव ॥ न जग्राह धनुर्धीमान्गदया-भिहतो भृशम् ॥ ततः शरशतान्येव मुमोच प्रवरस्तदा ॥ ७० ॥ विहस्तमिव विज्ञाय सात्यकिं यदुनन्दनम् ॥ प्रद्युम्नोऽस्य ददौ खड्गं निर्मला-काशसन्निभम् ॥ ७१ ॥ तस्य चिच्छेद भल्लेन निस्त्रिंशं प्रवरस्तदा ॥ त्सरुदेशेऽपातयच्च प्रवरः प्रहसन्निव ॥ ७२ ॥ व्यधमच्च तथा चर्म शितैर्बाणैर-जिह्मगैः ॥ आजघान च शक्त्यैनं हृदि विप्रो ननाद च ॥ ७३ ॥ तं विक्लवमिव ज्ञात्वा पारिजातजिहीर्षया ॥ तार्क्ष्याभ्याशे रथेनैव स तस्थौ

॥ ६६ ॥ उन दोनों वीरोंकी परस्पर बाणवर्षासे दोनोंके कवच क्षत-विक्षत हो गये और घायल शरीरका मांस दिखायी देने लगा ॥ ६७ ॥ तदनन्तर परम वीर प्रवरने अपने आठ धारवाले बाणसे फिर सात्यकिका धनुष काट दिया और तीन बाणोंसे उनपर प्रहार किया ॥ ६८ ॥ जबतक सात्यकि दूसरा धनुष सम्हालें, उसके पहले ही प्रवरने उनपर गदाका प्रहार कर दिया ॥ ६९ ॥ गदाकी करारी चोट खाकर सात्यकिने धनुष न लेकर ढाल और तलवार सम्हाली । इसी बीच प्रवरने उनपर सैकड़ों बाण बरसा दिये ॥७०॥ इधर वीर प्रद्युम्नने जब यदुनन्दन सात्यकिको खाली हाथ देखा तो नीलनभ सदृश एक खड्ग उन्हें थम्हा दिया ॥७१॥ तत्काल प्रवरने अपने भल्लास्त्र द्वारा उस खड्गको काटकर दो टुकड़े कर दिया । उसके बाद बाण चलाकर उसने खड्गमुष्टि जमीनमें गिरा दी और कवच छिन्न-भिन्न कर दिया ॥ ७२ ॥ तदनन्तर प्रवरने सात्यकिके हाथपर शक्तिका प्रहार करके भयानक सिंहनाद किया ॥७३॥ उसी समय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रवर सात्यकिको नितान्त पीड़ित देखकर पारिजातहरणके निमित्त ज्यों ही पक्षिराज गरुड़के निकट पहुँचा, त्यों ही गरुड़ने उसके रथपर एक ऐसा पंख मारा कि वह दो कोस दूर जा गिरा और प्रवर मूर्छित हो गया ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ प्रवर विप्रको इस प्रकार गिरते देखकर जयन्त अपने रथसे उतर पड़ा और उसे आश्वासन देकर अपने रथपर बिठा लिया ॥ ७६ ॥ उधर अपने चाचा सात्यकिको बार बार मूर्छित हो-होकर गिरते देखकर प्रद्युम्नने आश्वासन देकर सम्हाला ॥ ७७ ॥ उसी समय भगवान कृष्णने आकर ज्यों ही सात्यकिके शरीरपर अपना हाथ फेरा, त्यों ही उनका शरीर स्वस्थ हो गया ॥ ७८ ॥ अब रणनिपुण प्रद्युम्न पारिजातकी दाहिनी ओर और शिनिपुंगव सात्यकि उसकी बायीं ओर खड़े होकर उसकी रक्षा करने लगे ॥ ७९ ॥ उसी समय जयन्त तथा प्रवर दोनों एक ही रथपर सवार होकर गरुड़की ओर चले, तब इन्द्रने हँसकर कहा—तुम लोग गरुड़के पास मत जाओ। विनतातनय

प्रवरस्तदा ॥ ७४ ॥ तं पक्षपुटवेगेन चिक्षेप गरुडस्तथा ॥ गव्यूतिमेकां सरथः स पपात मुमोह च ॥ ७५ ॥ तं जयन्तो निपत्याथ पतितं ब्राह्मणं
नृप ॥ समाश्वास्य रथं शीघ्रं समारोपितवांस्तदा ॥ ७६ ॥ शैनेयमपि मुह्यन्तं पतन्तं च मुहुर्मुहुः ॥ आश्वासयानः प्रद्युम्नः पितृव्यं परिषस्वजे
॥ ७७ ॥ तं हि पस्पर्श हस्तेन सव्येन मधुसूदनः ॥ विरुजः स्पर्शमात्रेण सात्यकिः समपद्यत ॥ ७८ ॥ प्रद्युम्नो दक्षिणे पार्श्वे वामे तु शिनिपुङ्गवः ॥
तस्थतुः पारिजातस्य युद्धशौण्डतरावुभौ ॥ ७९ ॥ जयन्तः प्रवरश्चैव रथेनैकेन भारत ॥ संपतन्तौ महेन्द्रेण प्रहस्योक्तौ महात्मना ॥ ८० ॥ नासन्न-
मभिगन्तव्यं गरुडस्य कथंचन ॥ बलवानेष पततां राजा च विनतासुतः ॥ ८१ ॥ दक्षिणे चैव सव्ये च पार्श्वे मम धृतायुधौ ॥ उभौ स्थितौ
युद्ध्यमानं मामेव हि प्रपश्यतम् ॥ ८२ ॥ एवमुक्तौ स्थितौ वीरौ ततः शक्रस्य पार्श्वयोः ॥ ददृशाते युद्ध्यमानौ देवराजजनार्दनौ ॥ ८३ ॥ अथेन्द्रो
गरुडं बाणैर्महाशनिसमस्वनैः ॥ विव्याध सर्वगात्रेषु महास्त्रप्रवरैस्तथा ॥ ८४ ॥ स तान्बाणानगणयन्वैनतेयः प्रतापवान् ॥ ससाराभिमुखो वीरः
शक्रनागमरिन्दमः ॥ ८५ ॥ उभौ तौ सहसा राजन्बलिनौ गजपक्षिणौ ॥ प्रयुद्धौ वीर्यसंपन्नौ महाप्राणौ दुरासदौ ॥ ८६ ॥ रदनैः पन्नगरिपुं करेण
शिरसा तदा ॥ ऐरावतो गजपतिराजघान नदंस्तथा ॥ ८७ ॥ तथा नखांकुशैस्तीक्ष्णैर्वैनतेयो बलोत्कटः ॥ तथा पक्षनिपातैश्च शक्रनागं जघान
ह ॥ ८८ ॥ मुहूर्तं सुमहानासीत्संपातो गजपक्षिणोः ॥ विस्मापनीयो जगतः प्रेक्षितॄणां भयावहः ॥ ८९ ॥ मूर्ध्न्यथैरावतं तार्क्ष्यस्ताडयामास भारत ॥

पक्षिराज गरुड़ असाधारण वीर हैं ॥ ८० ॥ ८१ ॥ अतएव तुम लोग शस्त्र धारण करके मेरे दोनों ओर खड़े होकर मेरा और कृष्णका युद्ध देखो ॥ ८२ ॥ देवराजके ऐसा कहनेपर जयन्त और प्रवर दोनों वीर उनके दोनों बगल खड़े होकर इन्द्र तथा उपेन्द्रका युद्ध देखने लगे ॥ ८३ ॥ तभी इन्द्र वज्रपातके समान भीषण शब्द करनेवाले बाणोंसे पक्षिराज गरुड़के सारे शरीरको विद्ध करने लगे ॥ ८४ ॥ किन्तु परम प्रतापी गरुड़ उनके बाणोंकी ओर ध्यान न देकर इन्द्रके गज ऐरावतकी ओर चले ॥ ८५ ॥ अब महाबली गरुड़ और गजेन्द्र ऐरावतमें भयानक युद्ध होने लगा। वे दोनों ही पराक्रमी, दोनों बलवान्, दोनों दुर्धर्ष और दोनों रणनिपुण थे ॥ ८६ ॥ गजराज ऐरावत भीषण गर्जन करते हुए दाँतों, सूँड़ और मस्तकसे गरुड़पर प्रहार करने लगा ॥ ८७ ॥ इधर बलवान् गरुड़ भी अपने नखरूपी अंकुश तथा पंखोंसे ऐरावतको मारने लगे ॥ ८८ ॥ कुछ ही क्षणमें गजराज ऐरावत तथा पक्षिराज गरुड़के युद्धने दर्शकोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चकित कर दिया और देखते-देखते उन दोनोंका वह संग्राम बड़ा भयंकर हो उठा ॥ ८९ ॥ उसी समय महाबली गरुड़ने ऐरावतपर अपने नखरूपी अंकुश तथा चरणका प्रहार किया ॥९०॥ उस प्रहारसे नितान्त व्यथित होकर ऐरावत स्वर्गसे नीचे गिरने लगा और क्रमशः जम्बूद्वीपके पारियात्र पर्वतपर आ गिरा ॥९१॥ महाबली देवराजने करुणा, सौहार्द तथा पूर्वकृत उपकारोंका स्मरण करके स्वर्गसे च्युत हो जानेपर भी ऐरावतका परित्याग नहीं किया ॥ ९२ ॥ उत्पत्ति तथा प्रलयके प्रधान कारण भगवान कृष्ण भी पारिजात तथा गरुड़के साथ इन्द्रके पीछे-पीछे चलने लगे ॥९३॥ तदनन्तर वृत्रघाती इन्द्रने पारियात्र पर्वतपर पहुँचकर जब ऐरावतको स्वस्थ कर लिया, तब फिर कृष्ण और इन्द्रका संग्राम आरम्भ हो गया ॥ ९४ ॥ अब देवराज इन्द्र और भगवान कृष्ण परस्पर एक दूसरेपर सर्पोंके समान भीषण बाणवर्षा करने लगे ॥ ९५ ॥ तत्पश्चात् वज्रधारी इन्द्र ऐरावतशत्रु गरुड़पर बारम्बार वज्र और अशनि-

नखांकुशकरालेन चरणेन महाबलः ॥ ९० ॥ संप्रहाराभिसंतप्तो निपपात त्रिविष्टपात् ॥ पारियात्रे गिरिश्रेष्ठे द्वीपेऽस्मिञ्जनमेजय ॥ ९१ ॥ पतन्तमपि तं शक्रो न मुमोच महाबलः ॥ कारुण्यादथ सौहार्दात्पूर्वाभ्युपगमादपि ॥ ९२ ॥ कृष्णोऽप्यन्वगमच्चैनं पृष्ठतः प्रभवोऽव्ययः ॥ पारिजातवता धीमान्गरुडेन महाबलः ॥ ९३ ॥ स तस्थौ पर्वतश्रेष्ठे पारियात्रे तु वृत्रहा ॥ ऐरावते समाश्वस्ते संग्रामो ववृधे पुनः ॥ ९४ ॥ शरैराशीविषप्रख्यै रत्नयुक्तैः सुतेजितैः ॥ अन्योन्यं कुरुशार्दूल शक्रकेशवयोर्महान् ॥ ९५ ॥ ततो वज्रायुधो वज्रमशनिं च पुनः पुनः ॥ मुमोच गरुडे राजन्नैरावतरिपौ नृप ॥ ९६ ॥ वज्राशनिनिपातांस्तान्सेहे शक्रस्य पक्षिराट् ॥ अवध्यो बलिनां श्रेष्ठो निसर्गेण ततो बलात् ॥ ९७ ॥ मुमोच पक्षमेकैकं मानयन्नशनिं सदा ॥ वज्रं च देवराज्ञोऽथ भ्रातुः कश्यपसंभवः ॥ ९८ ॥ आक्रम्यमाणस्तार्क्ष्येण न्यमज्जन्नृपते गिरिः ॥ विवेश धरणीं राजञ्छीर्यमाणः समन्ततः ॥ ९९ ॥ चुकूज बहुमानेन कृष्णस्य स तु पर्वतः ॥ तं चाद्राक्षीत्ततः कृष्णः किंचिच्छेषमधोक्षजः ॥१००॥ तं मुक्त्वा गरुडेनाथ तस्थौ देवो विहायसि ॥ प्रद्युम्नं च तदोवाच सर्वकृल्लोकभावनः ॥ १०१ ॥ इतो द्वारवतीं गत्वा रथमानय मा चिरम् ॥ सदारुकं महाबाहो मत्तेजोबलमाश्रितः ॥ १०२ ॥ वक्तव्यो बलभद्रश्च राजा च कुकुराधिपः ॥ श्वो जित्वेन्द्रं त्वागमिष्ये द्वारकामिति मानद ॥ १०३ ॥ तथेत्युक्त्वा तु

अस्त्रसे प्रहार करने लगे ॥ ९६ ॥ किन्तु एक तो स्वतः बलवान् और दूसरे तपोबलके द्वारा अवध्यताको प्राप्त होनेके कारण पक्षिराज गरुड़ इन्द्रके अशनिपात तथा अनवरत वज्रप्रहारको सहने लगे ॥ ९७ ॥ साथ ही अपने भ्राता इन्द्र तथा उनके वज्रके सम्मानकी रक्षा करते हुए वे प्रत्येक प्रहारपर एक-एक पंखका परित्याग करने लगे ॥ ९८ ॥ अन्तमें गरुड़ तथा भगवान कृष्णके भारसे दबकर वह पारियात्र पर्वत भयानक चीत्कार करता हुआ धीरे-धीरे पृथ्वीके भीतर धँसने लगा। जब उसका कुछ भाग शेष रह गया, तब भगवान उस पर्वतको त्यागकर गरुड़के साथ आकाशमें चले गये। उस पर्वतको छोड़कर आकाशमें पहुँचे हुए भगवान कृष्णने प्रद्युम्नसे कहा—॥९९–१०१॥ वत्स! मेरे प्रतापसे सम्पन्न तुम शीघ्र द्वारका जाओ। वहाँ जाकर रथ समेत दारुकको शीघ्र यहाँ ले आओ ॥ १०२ ॥ वहाँ बलराम तथा कुकुराधिपति महाराज उग्रसेनसे कह दो कि मैं इन्द्रको पराजित करके कल द्वारका आ जाऊँगा ॥१०३॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धर्मात्मा प्रद्युम्नने आज्ञा स्वीकार करके पिता कृष्णसे विदा ली और शीघ्र द्वारका पहुँचकर यादवेन्द्र उग्रसेन तथा बलरामको वहाँकी वस्तुस्थिति बताकर एक घड़ीके भीतर दारुकके साथ रथपर बैठकर फिर भगवान कृष्णके पास जा पहुँचे ॥ १०४ ॥ १०५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां पञ्चसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७५ ॥

(भगवान कृष्ण द्वारा शिवस्तुति) वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! तब श्रीकृष्ण रथपर बैठकर उस पारियात्र पर्वतपर गये, जहाँ सुरपति इन्द्र ऐरावतकी पीठपर बैठे थे ॥ १ ॥ गिरिवर पारियात्र भगवान कृष्णकी महिमा पहले ही से जानता था। इस समय उन्हें आते देख उनका उपकार करनेके लिए वह शाणपाद अर्थात् एक मासेका चतुर्थांश रूप धारण करके पृथिवीविवरके भीतर घुस गया। यह देखकर भगवान उस पर्वतपर बहुत प्रसन्न हुए ॥ २ ॥ ३ ॥ जब वे रथपर सवार होकर युद्धके लिए अग्रसर हुए तो अपनी पीठपर पारि-

धर्मात्मा प्रद्युम्नः पितरं विभुः ॥ गत्वा यथोक्तमुक्त्वा च यादवेन्द्रबलावुभौ ॥ १०४ ॥ नाडिकान्तरमात्रेण पुनस्तं देशमाययौ ॥ दारुकेण समा-
युक्तं रथमास्थाय भारत ॥ १०५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे कृष्णेन्द्रयुद्धे पञ्चसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७५ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ तमारुह्य रथं कृष्णः पारियात्रं गिरिं ययौ ॥ यत्रैरावतमास्थाय स्थितः सुरपतिः प्रभुः ॥१॥ पारियात्रो गिरिश्रेष्ठो दृष्ट्वा
यान्तं जनार्दनम् ॥ शाणपादसमो भूत्वा प्रविवेश वसुंधराम् ॥ २ ॥ प्रियार्थं वासुदेवस्य प्रभावज्ञो महात्मनः ॥ तस्य प्रीतो हृषीकेशः पर्वतस्य
जनाधिप ॥ ३ ॥ ततः प्रयातं युद्धार्थमच्युतं कुरुनन्दन ॥ सपारिजातो गरुडः पृष्ठतोऽनुययौ तदा ॥ ४ ॥ प्रद्युम्नः सात्यकिश्चापि गरुडस्थौ
महाबलौ ॥ गतावुभौ रक्षणार्थं पारिजातमरिंदमौ ॥ ५ ॥ ततस्त्वस्तं गतः सूर्यः प्रवृत्ता रजनी नृप ॥ उपस्थितं पुनर्युद्धं शक्रकेशवयोरिह
॥ ६ ॥ सुप्रहाराहतं दृष्ट्वा विष्णुरैरावतं गजम् ॥ नातिकल्पं महातेजा देवराजानमब्रवीत् ॥ ७ ॥ गरुडाभिहतः पूर्वं नातिकल्पो गजोत्तमः ॥
ऐरावतो महाबाहो रात्रिश्च समुपोह्यते ॥ ८ ॥ श्वः प्रभाते यथाकामं प्रवर्तस्व यथेच्छसि ॥ एवमस्त्विति कृष्णं तु देवराजोऽब्रवीत्प्रभुः ॥ ९ ॥
उवास पुष्कराभ्याशे देवराजः पुरन्दरः ॥ वज्रं गिरिमयं कृत्वा धर्मात्मा नृपसत्तम ॥ १० ॥ ब्रह्मा ततो जगामाथ कश्यपश्च महानृषिः ॥ अदिति-
श्चैव सर्वे च देवा मुनय एव च ॥ ११ ॥ साध्या विश्वे च कौरव्य नासत्यावश्विनौ तथा ॥ आदित्याश्चैव रुद्राश्च वसवश्च जनेश्वर ॥ १२ ॥

जात वृक्ष लिये हुए गरुड़ भी उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥४॥ उस समय महाबली प्रद्युम्न और सात्यकी गरुड़की पीठपर बैठे हुए पारिजात वृक्षकी रक्षा कर रहे थे ॥५॥ उसी समय दिनमणि सूर्य भगवान अस्त हो गये और रात्रि आ गयी। अब देवेन्द्र और भगवान कृष्णमें पुनः युद्ध आरम्भ हो गया ॥६॥ ऐरावतको अत्यधिक आहत देखकर श्रीकृष्णने देवराजसे कहा--'हे महाबाहो ! आपका ऐरावत गरुड़के प्रहारसे कुछ खिन्न हो गया है। रात भी हो गयी है। अतएव अब युद्ध बन्द कर दीजिए। कल सवेरे फिर इच्छानुसार युद्ध करिएगा।' देवराज इन्द्र 'एवमस्तु' कहकर पुष्कर तीर्थके समीप चले गये और वहाँ शिलामय आवरणस्थान बनाकर उन्होंने निवास किया ॥ ७-१० ॥ ब्रह्मा, महर्षि कश्यप, अदिति, सभी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवता, मुनि, साध्य, विश्वेदेव, दोनों अश्विनीकुमार, आदित्यगण, रुद्रगण एवं वसुगण वहाँ जा उपस्थित हुए ॥ ११ ॥ १२ ॥ इधर नारायण अपने पुत्र प्रद्युम्न तथा भ्राता सात्यकिके साथ बड़े आनन्दपूर्वक उसी पारियात्र पर्वतपर टिक गये ॥ १३ ॥ तदनन्तर पारियात्र पर्वतने जो शाणपादप्रमाण रूप धारण किया था, इससे प्रसन्न होकर भगवान्‌ने कहा—'हे पर्वतवर ! तुमने शाणपाद रूप धारण किया है। अतएव अब संसारमें तुम 'शाणपाद' इस नामसे विख्यात होओगे। तुम अपने पुण्यबलसे इधर हिमवान् सदृश और उधर सुमेरुके समान महान् होकर बहुत प्रकारके मृगोंसे परिपूर्ण हो जाओगे' ॥ १४–१६ ॥ हे महाराज ! भगवान कृष्णने उस पर्वतको ऐसा वरदान देकर वृषभध्वज शंकरजीको नमस्कार करके सरिद्वरा गंगाजीका ध्यान किया ॥ १७ ॥ ध्यान करते ही भगवती विष्णुपदी गंगा श्रीकृष्णके सम्मुख आ उपस्थित हुईं। उन्होंने उनकी पूजा की और स्नान किया ॥ १८ ॥ तदनन्तर श्रीकृष्णने गंगाजल तथा बिल्वपत्र लेकर देवादिदेव शंकरजीका आवाहन किया ॥ १९ ॥ तब सोममूर्ति शिवजी वहाँ प्रकट हुए और उसी गंगाजल तथा बिल्वपत्रपर

नारायणश्च पुत्रेण सात्यकेन च भारत ॥ सहोवास गिरौ रम्ये पारियात्रे प्रहृष्टवत् ॥ १३ ॥ यत्स शाणप्रमाणोऽस्य भक्त्या समभवन्नृप ॥ वरं प्रादात्ततस्तस्य पर्वतस्य महाद्युतिः ॥ १४ ॥ शाणपाद इति ख्यातो भविष्यसि महागिरे ॥ पुण्येनार्द्धेन तुल्यो हि पुण्यो हिमवतः शुभः ॥ १५ ॥ एवमेव च भूयिष्ठो भव पर्वतसत्तम ॥ मेरुणा स्पर्द्धमानो हि बहुचित्रमृगैर्युतः ॥ १६ ॥ तथा दत्त्वा वरं तस्य पर्वतस्य तु केशवः ॥ दध्यौ गङ्गां सरिच्छ्रेष्ठां नमस्कृत्वा वृषध्वजम् ॥ १७ ॥ अथाययौ विष्णुपदी स्मृता कृष्णेन भारत ॥ संपूज्य तां ततः कृष्णः कृत्वा स्नानमधोक्षजः ॥ १८ ॥ उदकं च गृहीत्वाथ बिल्वं च हरिरव्ययः ॥ देवमावाहयामास रुद्रं सर्वेश्वरेश्वरम् ॥ १९ ॥ ततः प्राप्तो महादेवः सोमः सप्रवरो विभुः ॥ तस्थावुपरि बिल्वस्य तथा गङ्गोदकस्य च ॥ २० ॥ तं पारिजातकुसुमैरर्चयामास केशवः ॥ तुष्टाव वाग्भिरीशेशं सर्वकर्त्तारमीश्वरम् ॥ २१ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ रुद्रो देव त्वं रुदनाद्द्रावणाच्च रोरूयमाणो द्रावणाच्चातिदेवः ॥ भक्तं भक्तानां वत्सलं वत्सलानां कीर्त्या युङ्क्ष्वेशाद्य प्रभवाभ्यन्तरेण ॥ २२ ॥ ग्राम्यारण्यानां त्वं पतिस्त्वं पशूनां ख्यातो देवः पशुपतिः सर्वकर्मा ॥ नान्यस्त्वत्तः परमो देवदेव जगत्पतिः सुरवीरारिहन्ता ॥ २३ ॥ यस्मादीशो महतामीश्वराणां भवानाद्यः प्रीतिदः प्राणदश्च ॥ तस्माद्धि त्वामीश्वरं प्राहुरीशं सन्तो विद्वांसः सर्वशास्त्रार्थतज्ज्ञाः

विराजमान हो गये ॥ २० ॥ तदनन्तर भगवानने पारिजातके पुष्पोंसे शंकरजीकी पूजा की और वे उन सर्वकर्ता तथा सर्वेश्वर रुद्रदेवकी स्तुति करने लगे ॥ २१ ॥ श्रीकृष्णने कहा—हे देव ! आपने रुदन करते-करते द्रावण किया था अर्थात् दौड़े थे। इसी कारण आपका 'रुद्र' यह नाम पड़ा है। आप नित्य अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित होते रहते हैं। आप भक्तोंके भक्त हैं। वत्सल प्राणियोंके वत्सल हैं। अतएव आज आप मुझ शरणागतको यशस्वी बनाइए ॥ २२ ॥ आप भोगासक्त संसारी तथा संसारविरक्त संन्यासी-रूपी पशुओं अर्थात् जीवोंके स्वामी हैं। अतएव लोग आपको 'पशुपति' कहते हैं। आप सर्वकर्मा हैं। आपसे बढ़कर श्रेष्ठ देवता और कोई भी नहीं है। आप जगत्पति तथा देवशत्रु वीरोंके नाशक हैं ॥ २३ ॥ आप ईश्वरोंके भी ईश्वर हैं। आप आद्य, प्रीतिप्रद और प्राणप्रद हैं। अतएव सर्वशास्त्रज्ञ तथा विद्वान् साधुजन आपको ईश्वर कहते हैं ॥ २४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे बुद्धिप्रवर्तक ! हे जीवनियामक ! आप अव्यक्त और अक्षर हैं। आपके द्वारा ही इस विश्वकी उत्पत्ति हुई है। अतएव लोग आपको 'भव' कहते हैं ॥ २५ ॥ हे देव ! समस्त देवता, समस्त असुर और समस्त जीवोंने आपसे पराजित होकर आपका ईश्वरपदपर अभिषिक्त किया है। अतएव आप विश्वकर्मा और महेश्वर नामसे विख्यात हैं ॥ २ ॥ आप सबके पूज्य हैं। अतएव सभी देवता नियमितरूपसे आपका पूजन करते हैं। आपकी शक्ति असीम है। आप स्वयं सब जीवोंकी सृष्टि करनेमें समर्थ हैं। इसी कारण संसारमें आप 'देवदेव' कहलाते हैं ॥ २७ ॥ हे त्रिदशेशनाथ ! स्वर्ग, मर्त्य और पाताल इन तीनों लोकोंकी उत्पत्ति आपसे ही हुई है। आप प्राणादि वायु, चन्द्र, सूर्य, अग्निप्रभृति सभी वस्तुओंकी सृष्टि, समस्त वस्तुओंका पालन और समस्त वस्तुओंका संहार करते हैं। ये तीनों कार्य आपके द्वारा ही सम्पन्न होते हैं। अतएव संसारमें लोगोंने आपको 'त्र्यम्बक' यह श्रेष्ठ नाम प्रदान किया है ॥ २८ ॥ हे श्रीकर ! शत्रुगण कभी भी आपको परास्त नहीं कर पाते। आप सर्वव्यापी हैं। अतएव बाहर-भीतर सभी अवस्थाओंमें प्रभुधर्मपर स्थित रहते हुए सब जीवोंपर शासन करते हैं। आप

॥ २४ ॥ भूतं यस्माज्जगदत्यन्त धीर त्वत्तोऽव्यक्तादक्षरादक्षरेश ॥ तस्मात्त्वामाहुर्भव इत्येव भूतं सर्वेश्वराणां महतामप्युदारम् ॥ २५ ॥ यस्माज्जितैरभिषिक्तोऽसि सर्वैर्देवासुरैः सर्वभूतैश्च देव ॥ महेश्वरं विश्वकर्माणमाहुस्त्वां वै सर्वे तेन देवातिदेवम् ॥ २६ ॥ पूज्यो देवः पूज्यसे नित्यदा वै शश्वच्छ्रेयःकांक्षिभिर्वरदामोघवीर्यः ॥ तस्माद्विख्यातो भगवान्देवदेवः सतामिष्टः सर्वभूतात्मभावी ॥ २७ ॥ भूमित्रयाणां देव यस्मात्प्रतिष्ठा पुनर्लोकानां भावनामेयकीर्तिः ॥ त्र्यम्बकेति प्रथमं तेन नाम तवाप्रमेय त्रिदशेशनाथ ॥ २८ ॥ शर्वः शत्रूणां शासनादप्रमेयस्तथा भूयः शासनाच्चेश्वरेण ॥ सर्वव्यापित्वाच्छंकरत्वाच्च सद्भिः शब्दस्येशानः श्रीकरार्काग्र्यतेजाः ॥ २९ ॥ संसक्तानां नित्यदा यत्करोषि शमं भ्रातृव्यान्यद्घनैषीः समस्तान् ॥ तस्माद्देवः शंकरोऽस्यप्रमेयः सद्भिर्धर्मज्ञैः कथ्यसे सर्वनाथः ॥ ३० ॥ दत्तः प्रहारः कुलिशेन पूर्वं तवेशान सुरराज्ञाऽतिवीर्य ॥ कण्ठे नैल्यं तेन ते यत्प्रवृत्तं तस्मात्ख्यातस्त्वं नीलकण्ठेति कल्पः ॥ ३१ ॥ यल्लिङ्गाङ्कं यच्च लोके भगाङ्कं सर्वं सोम त्वं स्थावरं जङ्गमं च ॥ प्राहुर्विप्रास्त्वां गुणिनं तत्त्वविज्ञास्तथा ध्येयामम्बिकां लोकधात्रीम् ॥ ३२ ॥ वेदैर्गीता सा हि तत्त्वं प्रसूता यज्ञो दीक्षाणां योगिनां चातिरूपः ॥ नात्यद्भुतं

साधुओंका कल्याण करते रहते हैं। इसी कारण लोग आपको 'शर्व' कहते हैं। आप शब्दके ईशान हैं। आपका तेज सूर्यसे भी अधिक है ॥ २९ ॥ हे सर्वनाथ ! आप अपने भक्तोंको सदा शान्ति प्रदान करते और असुरोंको दण्ड देते हैं। अतएव धर्मात्मा और साधु पुरुष आपको 'शंकर' कहते हैं ॥ ३० ॥ हे ईशान ! पूर्वकालमें देवराज इन्द्रने जब आपपर वज्रप्रहार किया, तब उसका प्रतीकार करनेमें समर्थ होते हुए भी भ्रातृवात्सल्यवश आपने उस आघातको सहन कर लिया, जिससे आपका कण्ठ नीलवर्ण हो गया। इसी कारण आप संसारमें 'नीलकण्ठ' नामसे प्रसिद्ध हैं ॥ ३१ ॥ हे सोम ! आप संसारमें स्त्रीचिह्न, पुरुषचिह्न, स्थावर और जंगम सब प्राणियोंके सर्वस्व हैं। इसीलिए जो विप्रगण आपके वास्तविक तत्त्वसे परिचित हैं, वे लोकधात्री पार्वती देवी तथा आपको गुणात्मक कहते हैं ॥ ३२ ॥ वेदोंमें इन उमादेवीको मायास्वरूपा कहा गया है। उस समय मायास्वरूपा भगवतीसे महत्तत्त्वकी उत्पत्ति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुई हैं। आप यज्ञमें दीक्षित योगियोंके योगस्वरूप हैं। भूत, भविष्य तथा वर्तमान किसी भी समय आपके तुल्य अद्भुत और कुछ भी नहीं रहता ॥ ३३ ॥ हे देवादिदेव ! मैं, ब्रह्मा, कपिल, शेषभगवान और ब्रह्माजीके अतिशय वीर पुत्रगण ये सभी लोग आपके द्वारा उत्पन्न हुए हैं। जगत्की दृश्यमान सभी वस्तुयें आपके ही द्वारा जायमान हुई हैं। अतएव आप सबके स्तुत्य हैं ॥ ३४ ॥ हे महाराज ! भगवान कृष्णके इस प्रकार स्तुति करनेपर शंकरजीने अपना दाहिना हाथ फैलाकर श्रीकृष्णजीसे कहा—॥ ३५ ॥ हे सुरसत्तम ! आपकी कामना अवश्य पूर्ण होगी। आप इस पारिजात वृक्षको अवश्य ले जायँगे। इसके विषयमें अब किसी प्रकारकी चिन्ता न करिए ॥ ३६ ॥ जब आपने मैनाक पर्वतपर जाकर तपस्या की थी, उसी समय मैंने आपको वरदान दे दिया था। अतएव उसका स्मरण करके धैर्य धारण करिए ॥ ३७ ॥ आप अवध्य, अजेय तथा मुझसे भी अधिक बलवान् होंगे। यह बात मैंने आपसे

त्वत्समं देव भूतं भूतं भव्यं भवदेवाथ नास्ति ॥ ३३ ॥ अहं ब्रह्मा कपिलो योऽप्यनन्तः पुत्राः सर्वे ब्रह्मणश्चातिवीराः ॥ त्वत्तः सर्वे देवदेव प्रसूता एवं सर्वेशः कारणात्मा त्वमीड्यः ॥ ३४ ॥ इति संस्तूयमानस्तु भगवान्गोवृषध्वजः ॥ प्रसार्य दक्षिणं हस्तं नारायणमथाब्रवीत् ॥ ३५ ॥ मनीषितानामर्थानां प्राप्तिस्ते सुरसत्तम ॥ पारिजातं च हर्ताऽसि मा भूत्ते मनसो व्यथा ॥ ३६ ॥ यथा मैनाकमाश्रित्य तपस्त्वमकरोः प्रभो ॥ तथा मम वरं कृष्ण संस्मृत्य स्थैर्यमाप्नुहि ॥ ३७ ॥ अवध्यस्त्वमजेयश्च मत्तः शूरतरस्तथा ॥ भविताऽसीत्यवोचं यत्तत्तथा न तदनन्यथा ॥ ३८ ॥ यश्च स्तवेन मां भक्त्या स्तोष्यतेऽमरसत्तम ॥ त्वया कृतेन धर्मज्ञ धर्मभाक्संभविष्यति ॥ समरे च जयं विष्णो प्राप्य पूजां तथोत्तमाम् ॥ ३९ ॥ बिल्वोदकेश्वरो नाम भविताऽहमिहानघ ॥ देवेश्वर त्वयाऽस्थापि देवसिद्धोपयाचनः ॥ ४० ॥ इहस्थोपोषितो विद्वान्भक्तिमान्मम केशव ॥ त्रिरात्र-मीप्सिताँल्लोकान्गमिष्यति जनार्दन ॥ ४१ ॥ अविन्ध्या नाम देशेऽस्मिन्गङ्गा चैव भविष्यति ॥ गङ्गास्नानसमं स्नानं मन्त्रतो भविता तथा ॥ ४२ ॥ षट्पुरं नाम नगरं दानवानां जनार्दन ॥ अत्रान्तर्द्धरणीदेशे पराक्रम्य महाबलाः ॥ ४३ ॥ एते दैत्या दुरात्मानो जगतो देवकण्टकाः ॥ छन्ना वसन्ति गोविन्द सानावस्य महागिरेः ॥ ४४ ॥ अवध्या देवदेवानां वरेण ब्रह्मणोऽनघ ॥ मानुषान्तरितस्तस्मात्त्वमेताञ्जहि केशव ॥ ४५ ॥

जो कही थी, वह किसी तरह व्यर्थ न होगी ॥ ३८ ॥ आपने अभी जिस स्तोत्रसे मेरी स्तुति की है, उस स्तोत्रका पाठ करनेवाला मनुष्य अवश्य धर्मलाभ करेगा। वह संसारमें सम्मान प्राप्त करके युद्धमें विजयी होगा ॥ ३९ ॥ आजसे मैं भी बिल्वोदकेश्वर नामसे विख्यात हूँगा। आप जिस स्थानपर मेरी स्थापना कर देंगे, वहाँ ही रहता हुआ मैं सब लोगोंकी कामना पूर्ण करता रहूँगा ॥ ४० ॥ इस स्थानपर तीन रात्रि उपवास करके जो लोग भक्तिपूर्वक मेरी आराधना करेंगे, वे अनायास अपने अभिलषित लोकोंको गमन करेंगे ॥ ४१ ॥ ये गंगाजी भी इस स्थानपर अविन्ध्या नामसे विख्यात होंगी। मंत्र पाठ करके गंगाका स्मरण करते ही तत्काल गंगास्नानका पुण्य प्राप्त हो जायगा ॥४२॥ हे श्रीकृष्ण ! इस पर्वतके नीचे षट्पुर नामसे विख्यात दानवोंका एक नगर है। हिंसक, संसारके लिए कण्टकस्वरूप एवं दुरात्मा दानव कपटवेशमें इस पर्वतके नीचे उसी नगरमें रहते हैं ॥४३॥४४॥ उन दानवोंने ब्रह्माजीसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वर प्राप्त कर लिया है। अतएव वे सबसे अवध्य हो गये हैं। आप इस समय मनुष्यरूपमें हैं। इसलिए शीघ्र उनको नष्ट कर डालिए ॥ ४५ ॥ हे महाराज! देवादिदेव शंकरजीने ऐसा कहकर श्रीकृष्णभवानका आलिङ्गन किया और वहाँ ही अन्तर्धान हो गये। इधर सवेरा होनेपर भगवानने उस पर्वतको सम्बोधित करके कहा—॥ ४६ ॥ हे पर्वतश्रेष्ठ! तुम्हारे नीचे असुरगण रहते हैं। वे ब्रह्माका वरदान प्राप्त करके देवताओं द्वारा अवध्य हो गये हैं ॥ ४७ ॥ सो लोककल्याणके लिए मैं तुम्हारा अवरोध करूँगा। द्वार अवरुद्ध हो जानेपर वे बाहर न निकल सकेंगे और मैं उन्हें नष्ट कर दूँगा ॥ ४८ ॥ मैं उन भयानक असुरोंका विनाश करके इसी स्थानपर सदा निवास करूँगा। इस प्रकार हमारा-तुम्हारा सम्पर्क चिरस्थायी हो जायगा ॥ ४९ ॥ हे पर्वतवर! जो व्यक्ति तुम्हारे ऊपर आरोहण करके मेरा दर्शन करेगा, उसे हजार गौ दान करनेका शाश्वत पुण्य प्राप्त होगा ॥ ५० ॥ जो लोग तुम्हारा

ततो याते महादेवे प्रभातायां नराधिपः ॥ तस्यां निशायां गोविन्दः स्तूय पर्वतमब्रवीत् ॥ ४६ ॥ तवाधः पर्वतश्रेष्ठ निवसन्ति महासुराः ॥ अवध्या देवदेवानां वरेण ब्रह्मणः पुरा ॥ ४७ ॥ निर्गमिष्यन्ति ते नैव मया रुद्धा महाबलाः ॥ द्वारे निरुद्धे तत्रैव विनंक्ष्यन्ति ममाज्ञया ॥ ४८ ॥ त्वयि सन्निहितश्चाहं भविष्यामि महागिरे ॥ अधिष्ठाय महाघोरान्निवत्स्यामि च पर्वत ॥ ४९ ॥ आरुह्य मूर्ध्नि मद्रूपं दृष्ट्वा पर्वतसत्तम ॥ गोसहस्र-प्रदानस्य फलं प्राप्स्यति शाश्वतम् ॥ ५० ॥ त्वत्तोऽश्मभिश्च प्रतिमां कारयित्वा हि भक्तितः ॥ शुश्रूषयन्ति ये नित्यं मम यास्यन्ति ते गतिम् ॥ ५१ ॥ इति तं पर्वतं कृष्णो वरदोऽनुगृहीतवान् ॥ तदाप्रभृति देवेशस्तत्र सन्निहितोऽच्युतः ॥ ५२ ॥ पाषाणैः प्रतिमां तात कारयित्वा च कौरव ॥ शुश्रूषन्ति कृतात्मानो विष्णुलोकाभिकाङ्क्षिणः ॥ ५३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे कृष्ण-कृतशिवस्तुतिर्नाम षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो रथवरं कृष्णः समारुह्य महामनाः ॥ बिल्वोदकेश्वरं देवं नमस्कृत्य ययौ नृप ॥ १ ॥ महेन्द्रमाह्वयामास रथस्थो मधुसूदनः ॥ सत्कृतं पुष्कराभ्याशे सर्वैर्देवगणैः सह ॥ २ ॥ ततः शक्रो जयन्तोऽथ हरिभियुक्तमुत्तमम् ॥ आरुरोह रथं देवः सर्वकामप्रदः

पत्थर ले तथा उससे प्रतिमा बनाकर भक्तिपूर्वक मेरी पूजा करेंगे, वे मेरा सालोक्य प्राप्त कर लेंगे ॥ ५१ ॥ हे महाराज जनमेजय! वरदाता कृष्ण इस प्रकार उस पर्वतपर कृपा करके तबसे वहाँ नित्य रहने लगे ॥ ५२ ॥ इसी कारण विष्णुलोकके इच्छुक मानव उस पर्वतके पाषाणकी प्रतिमा बनाकर सदा उसीकी आराधना करते रहते हैं ॥ ५३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७० ॥

(पारिजातका द्वारकामें आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर महाबली कृष्णने बिल्वोदकेश्वर शिवको नमस्कार किया और अपने उत्कृष्ट रथपर सवार होकर युद्धके लिए चल पड़े ॥ १ ॥ इधर देवराज इन्द्र देवताओंसे परिवेष्टित होकर पुष्करतीर्थके पास टिके थे। रथसे वहाँ जाकर भगवानने उन्हें बुलाया ॥ २ ॥ उनके आह्वान करते हो साधु-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जनोंके वरदायक देवेन्द्र और उनके पुत्र जयन्त दोनों दिव्य रथपर सवार होकर युद्धके लिए तैयार हो गये ॥ ३ ॥ तदनन्तर पारिजात वृक्षके लिए उन दोनोंमें फिर भीषण युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ४ ॥ शत्रुनाशन कृष्ण अपनी विकराल बाणवर्षासे देवराजकी सेनाको पीड़ित करने लगे ॥ ५ ॥ इन्द्र और उपेन्द्र दोनों यद्यपि प्रहार करनेमें समर्थ थे, फिर भी परस्पर उन दोनोंमेंसे किसीने किसीपर प्रहार नहीं किया ॥ ६ ॥ इसी समय भगवान दस-दस बाणोंसे इन्द्रके एक-एक घोड़ेको घायल करने लगे ॥ ७ ॥ इधर इन्द्रके विकट बाणोंसे भगवानके शैव्यादि सभी घोड़े ढँक गये ॥ ८ ॥ भगवान कृष्ण एक साथ हजारों बाण चलाकर इन्द्रके ऐरावतको और उसी प्रकार बलनाशन इन्द्र अपनी बाणवर्षासे गरुड़को त्रस्त करने लगे ॥९॥ इस तरह इन्द्र और श्रीकृष्ण दोनों अपने-अपने रथपर बैठकर सारे दिन युद्ध करते रहे ॥१०॥ उस समय युद्धके कारण पृथिवी जलमें स्थित नौकाके समान डगमगाने

सताम् ॥ ३ ॥ ततो रथस्थयोर्युद्धमभवत्कुरुनन्दन ॥ देवयोर्दैवयोगेन पारिजातकृते तदा ॥ ४ ॥ ततोऽहनद्रणे विष्णुर्बाणैः शत्रुबलार्दनः ॥ सैन्यानि देवराजस्य बाणजालैरजिह्मगैः ॥ ५ ॥ उपेन्द्रं न महेन्द्रोऽथ नैव विष्णुः सुरेश्वरम् ॥ ताडयामासतुर्वीरौ शस्त्रैः शक्तावपि प्रभो ॥६॥ एकैकमश्वं दशभिर्महेन्द्रस्य जनार्दनः ॥ विव्याध विशिखैस्तीक्ष्णैरस्त्रयुक्तैर्जनेश्वर ॥ ७ ॥ शैव्याद्यानपि देवेन्द्रः शरैरमरसत्तमः ॥ छादयामास राजेन्द्र घोरैरस्त्राभिमन्त्रितैः ॥ ८ ॥ स च बाणसहस्रैश्च कृष्णो गजमवाकिरत् ॥ गरुडं च महातेजा बलभिद्धरिवाहनम् ॥ ९ ॥ भूयिष्ठाभ्यां रथाभ्यां तौ तदहः शत्रुदारणौ ॥ युयुधाते महात्मानौ नारायणसुराधिपौ ॥ १० ॥ चकम्पे वसुधा कृत्स्ना नौर्जलस्थेव भारत ॥ दिशां दाहेन दिग्देशाः संवृताश्च समन्ततः ॥ ११ ॥ चेलुर्गिरिवराश्चैव पेतुश्च शतशो द्रुमाः ॥ पेतुश्च धरणीपृष्ठे मर्त्या धर्मगुणान्विताः ॥ १२ ॥ निर्घाताः शतशश्चान्ये पेतुस्तत्र नराधिप ॥ ऊहुश्च सरितः सर्वाः प्रतिस्रोतो विशांपते ॥ १३ ॥ विष्वग्वाता ववुश्चैव पेतुरुल्काश्च निष्प्रभाः ॥ मुहुर्मुहुर्भूतसङ्घा रथनादेन मोहिताः ॥ १४ ॥ प्रजज्वाल जले चैव वह्निर्जनपदेश्वर ॥ युयुधुश्च ग्रहैः सार्द्धं ग्रहा नभसि सर्वतः ॥ १५ ॥ ज्योतींषि शतशः पेतुः स्वर्गाच्च धरणीतलम् ॥ दिशां गजाः प्रकुपिता नागाश्च धरणीतले ॥ १६ ॥ गर्दभारुणसंस्थानैश्छिन्नाभ्रैश्चावृतं नभः ॥ विनदद्भिर्महारावान्रूक्षशोणितवर्षिभिः ॥ १७ ॥ न भूर्न द्यौर्न गगनं नरेन्द्रवृषभाभवन् ॥ खस्थानि सुरवीरौ तु दृष्ट्वा युद्धगतौ तदा ॥ १८ ॥ जेपुर्मुनिगणा मन्त्राञ्जगतो हितकाम्यया ॥ ब्राह्म-

लगी और दसों दिशाओंमें आग लग गयी ॥ ११ ॥ सभी पर्वत हिलने लगे, सैकड़ों वृक्ष धराशायी हो गये और धर्मानुगामी मानव जमीनपर लोट गये ॥ १२ ॥ एक साथ सौ-सौ वज्रपात होने लगे । सभी नदों और नदियोंकी धारा बदल गयी और उलटी बहने लगी ॥ १३ ॥ वायु चक्कर काट तथा बवंडर बनकर बहने लगी और उल्कायें प्रभाशून्य होकर गिरने लगीं । रथोंके भीषण निनादसे संसारी जीव क्षण-क्षणपर अचेत होकर गिरने लगे ॥ १४ ॥ जलमें भी आग धधकने लगी । अपनी-अपनी धुरीपर भ्रमण करनेवाले ग्रहगण आकाशमण्डलमें परस्पर लड़ने लगे ॥ १५ ॥ असंख्य नक्षत्र आकाशसे भूमिपर गिरने लगे । पृथिवीके नागगण तथा दिग्गज क्षुब्ध हो उठे ॥ १६ ॥ धूसर, अरुणवर्ण तथा छिन्न-भिन्न बादलोंसे सारा आकाशमण्डल व्याप्त हो गया । उन बादलोंमें घोर शब्द होने लगा, उल्कायें गिरने लगीं और रक्तको वर्षा होने लगी ॥ १७ ॥ उस समय पृथिवी, आकाश और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वर्ग कुछ भी नहीं दिखायी देता था। सभी मुनि तथा ब्राह्मणगण उन दोनों शूरवीरोंको लड़ते देखकर जगत्‌की कल्याणकामनासे मंत्रजप करने लगे ॥ १८ ॥ १९ ॥ तदनन्तर महातेजस्वी ब्रह्माजीने महर्षि कश्यपको बुलाकर कहा—हे सुव्रत! आप अपनी पत्नी अदितिके साथ अपने दोनों पुत्रोंके पास जाइए और उन्हें रोकिए ॥ २० ॥ ब्रह्माजीकी बात मानकर महर्षि कश्यप अदितिके साथ रथपर सवार होकर पुत्रोंके पास गये ॥ २१ ॥ महाबली और महापराक्रमी दोनों वीर पिता-माताको सम्मुख उपस्थित देखकर तत्काल रथसे उतर पड़े। उन्होंने अपना-अपना शस्त्रास्त्र त्याग दिया और उन धर्मतत्त्ववेत्ता तथा सब प्राणियोंके कल्याणमें तत्पर पिता-माताकी चरणवन्दना की ॥ २२ ॥ २३ ॥ उसी समय देव-माता अदितिने इन्द्र और भगवान् कृष्णपर हाथ फेरते हुए कहा—'वत्स! तुम दोनों सौतेले भाईकी तरह एक दूसरेको मार डालनेके विचारसे परस्पर क्यों लड़ रहे हो? ॥ २४ ॥ यह तो मेरे पुत्रके अनुरूप कार्य नहीं है। एक साधारण बातके लिए तुम इतने भयानक अनर्थका सूत्रपात क्यों करते हो? ॥ २५ ॥ यदि तुम माता-पिताकी बात मानो तो तत्काल

णाश्च महात्मानो ह्यतिष्ठंस्तेषु सत्वराः ॥ १९ ॥ ततो ब्रह्मा महातेजाः कश्यपं वाक्यमब्रवीत् ॥ गच्छ वध्वा सहादित्या पुत्रौ वारय सुव्रत ॥ २० ॥
स तथेति तदा देवमुक्त्वा पद्मभवं निः ॥ जगाम रथमास्थाय तस्थौ नरवरान्तिके ॥ २१ ॥ स्थितं तु कश्यपं दृष्ट्वा सहादित्या तदाऽन्तरा ॥
उभौ रथाभ्यां धरणीमवतीर्णौ महाबलौ ॥ २२ ॥ न्यस्तशस्त्रौ च तौ वीरौ ववन्दतुररिंदमौ ॥ पितरौ धर्मतत्त्वज्ञौ सर्वभूतहिते रतौ ॥ २३ ॥ उभौ
गृहीत्वा हस्ताभ्यामदितिस्त्वब्रवीद्वचः ॥ असोदराविवैवं किमन्योन्यं हन्तुमिच्छथः ॥ २४ ॥ स्वल्पमर्थं पुरस्कृत्य प्रवृत्तमतिदारुणम् ॥ सदृशं नेति
पश्यामि सर्वथा मम पुत्रयोः ॥ २५ ॥ श्रोतव्यं यदि मातुश्च पितुश्चैव प्रजापतेः ॥ न्यस्तशस्त्रौ स्थितौ भूत्वा कुरुतं वचनं मम ॥ २६ ॥ तथे-
त्युक्त्वा च तौ देवौ स्नातुकामौ महाबलौ ॥ गङ्गां जग्मतुरेवाथ प्रजल्पन्तौ परस्परम् ॥ २७ ॥ शक्र उवाच ॥ त्वं प्रभुर्लोककृत्कृत्स्नराज्येऽहं
स्थापितस्त्वया ॥ स्थापयित्वा कथं नाम पुनर्मामवमन्यसे ॥ २८ ॥ भ्रातृत्वमुपगम्यैव ज्येष्ठत्वं चाप्यपोह्य च ॥ कथं कमलपत्राक्ष निर्वाणं कर्तुमि-
च्छसि ॥ २९ ॥ स्नातौ तु जाह्नवीतोये पुनरभ्यागतौ नृप ॥ यत्रादितिः कश्यपश्च महात्मानौ दृढव्रतौ ॥ ३० ॥ प्रियसंगमनं नाम तं देशं मुनयोऽ-
वदन् ॥ यत्र तौ संगतौ चोभौ पितृभ्यां कमलेक्षणौ ॥ ३१ ॥ ततः शक्रस्य कौरव्य दत्त्वा वाचाऽभयं तदा ॥ यत्र देवगणाः सर्वे समेता धर्मचा-

शस्त्र त्यागकर हम जो कह रहे हैं, उसे ध्यान देकर सुनो ॥ २६ ॥ तब माताकी बातसे सहमत होकर दोनों भ्राताओंने युद्ध बन्द कर दिया और प्रेमपूर्वक बातें करते हुए गङ्गास्नान करनेके लिये चल पड़े ॥ २७ ॥ इन्द्रने कहा—हे कृष्ण! आप समस्त त्रिलोकीके अधिपति हैं और आपने ही मुझे राज्यसिंहासनपर बिठाला है। इतने उच्च आसनपर बैठाकर अब आप मेरा अपमान क्यों कर रहे हैं? ॥ २८ ॥ आपने मेरा भ्रातृत्व स्वीकार करके मुझे ज्येष्ठत्व प्रदान किया, तो फिर अब आप वह नाता क्यों तोड़नेको उद्यत हैं? ॥ २९ ॥ इन्द्रने यह बात कही और दोनों भाइयोंने साथ जाकर गङ्गास्नान किया और वहाँसे अपने माता-पिताके पास लौट आये ॥ ३० ॥ देवराज इन्द्र और श्रीकृष्ण ये दोनों भाई जिस स्थानपर अपने माता-पितासे मिले थे, मुनिजन उस स्थानको 'प्रियसङ्गम' कहते हैं ॥ ३१ ॥ हे महाराज! तदनन्तर भगवान् कृष्णने इन्द्रको अभयदान दिया। तब सब देवताओंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ वे स्वर्ग जानेका उपक्रम करने लगे ॥ ३२ ॥ तदनुसार देवता विमानोंपर आरूढ़ होकर अपने अनुरूप सम्पदासे सम्पन्न स्वर्गकी ओर चल पड़े ॥ ३३ ॥ कश्यप, अदिति, कृष्ण
तथा इन्द्र ये चारों एक ही विमानमें बैठकर स्वर्ग गये ॥ ३४ ॥ वहाँ इन्द्रभवनमें पहुँचकर वे एक ही स्थानपर बैठे और इन्द्रपत्नी शचीने बड़ी व्यग्रताके साथ परमोपकारी कश्यप
और अदितिकी पूजा की ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ जब रात बीत गयी और सबेरा हुआ तो धर्मतत्त्वज्ञा अदिति सर्वजीवहितैषी भगवान् कृष्णको सम्बोधित करके बोलीं—॥ ३७ ॥ हे उपेन्द्र
कृष्ण ! अब तुम द्वारका जाओ और वहाँ अपनी पत्नीको पुण्यका निदानस्वरूप तथा चिर अभिलषित पारिजात प्रदान करो ॥ ३८ ॥ दानकार्य सम्पन्न हो जानेपर तुम इस पारिजात
तरुको फिर लाकर नन्दनवनमें यथास्थान स्थापित कर देना ॥ ३९ ॥ भगवान कृष्ण तथा देवर्षि नारदने उनकी बात मान ली और देवमाता अदिति, पिता कश्यप, इन्द्र तथा

रिणः ॥ ३२ ॥ ततो यथुर्विमानैस्तु देवाः सर्वे त्रिविष्टपम् ॥ ऋद्ध्या परमया युक्तास्तेषामेवानुरूपया ॥ ३३ ॥ कश्यपश्चादितिश्चैव तथा शक्रजना-
र्दनौ ॥ विमानमेकमारुह्य गता राजंस्त्रिविष्टपम् ॥ ३४ ॥ ते शक्रसदनं प्राप्य रम्यं सर्वगुणान्वितम् ॥ ऊषुरेकत्र कौरव्य मुदिता धर्मचारिणः
॥ ३५ ॥ शची तु कश्यपं पत्न्या सहितं धर्मवत्सला ॥ उपाचरन्महात्मानं सर्वभूतहिते रतम् ॥ ३६ ॥ ततस्तस्यां प्रभातायां रजन्यामब्रवीद्धरिम् ॥
अदितिर्धर्मतत्त्वज्ञा सर्वभूतहितं वचः ॥ ३७ ॥ उपेन्द्र द्वारकां गच्छ पारिजातं नयस्व च ॥ बध्वा संप्रापयस्वेश पुण्यकं हृदये स्थितम् ॥ ३८ ॥
पुण्यके सत्यया प्राप्ते पुनरेष त्वया तरुः ॥ नन्दने पुरुषश्रेष्ठ स्थाप्यः स्थाने यथोचिते ॥ ३९ ॥ एवमस्त्विति कृष्णेन देवमाता यशस्विनी ॥
उक्ता धर्मगुणैर्युक्ता नारदेन महात्मना ॥ ४० ॥ ततोऽभिवाद्य पितरं मातरं च जनार्दनः ॥ महेन्द्रं सह शच्याऽथ प्रतस्थे द्वारकां प्रति ॥ ४१ ॥
ददौ कृष्णाय पौलोमी नियोगान्कुरुनन्दन ॥ सर्वासामेव कृष्णस्य भार्याणां धर्मचारिणी ॥ ४२ ॥ दिव्यानां सर्वरत्नानां वाससां च मनस्विनी ॥
नानारागविरक्तानां सदैवारजसामपि ॥ ४३ ॥ भार्याणां च सहस्राणि यानि षोडश माधवे ॥ प्रतिगृह्य महातेजाः प्रययौ द्वारकां प्रति ॥ ४४ ॥
संपूज्यमानो द्युतिमान्खेचरैः पुण्यकर्मभिः ॥ ससात्यकिः सपुत्रश्च प्राप्तो रैवतकं गिरिम् ॥ ४५ ॥ स तत्र स्थापयित्वा च पारिजातं वरद्रुमम् ॥
सत्यकं प्रेषयामास द्वारकां द्वारशालिनीम् ॥ ४६ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ पारिजातमिहानीतं महेन्द्रसदनान्मया ॥ निवेदय महाबाहो भैमानां भैम-

इन्द्राणी आदिको यथोचित अभिवादन करके उन्होंने द्वारकाके लिए प्रस्थान कर दिया ॥ ४० ॥ ४१ ॥ चलते समय इन्द्राणीने कृष्णकी भार्याओंके लिए विविध रत्न तथा विचित्र
प्रकारके वस्त्र प्रदान किये ॥ ४२ ॥ उन वस्त्रोंमें यह विशेषता थी कि बिना रंगे और बिना धोये वे सदा एक-से बने रहते थे। उनकी संख्या इतनी अधिक थी कि जो भगवानकी सोलहों
हजार स्त्रियोंके लिए पर्याप्त थे। इन सब वस्तुओंको लेकर श्रीकृष्ण द्वारका चल पड़े ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ उनके प्रस्थानकालमें पुण्यकर्मा देवतागण उन्हें सम्मान प्रदान करने लगे। भ्राता
सात्यकि और पुत्र प्रद्युम्न भगवानके साथ थे। वहाँसे चलकर वे रैवतक पर्वतपर पहुँचे ॥ ४५ ॥ पारिजात वृक्षको वहाँ रखकर भगवानने सात्यकिसे कहा—अब तुम द्वारका जाकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यादवोंसे कहो कि पारिजात आ गया है। आज वह पुरीमें आयेगा। अतएव आप लोग द्वारकाको भलीभाँति सजायें ॥ ४६–४८ ॥ भगवानके ऐसा कहनेपर सात्यकि द्वारका गये और वहाँके लोगोंको यथोचित आदेश देकर साम्ब आदि राजकुमारों तथा अगणित नागरिकोंके साथ फिर भगवान्के पास लौट आये ॥ ४९ ॥ उस समय रथियोंमें श्रेष्ठ प्रद्युम्न पारिजातको गरुड़की पीठपर रखकर सबके आगे-आगे चलते हुए रमणीक द्वारकापुरीमें प्रविष्ट हुए ॥ ५० ॥ शैब्य आदि घोड़ोंसे जुते रथपर स्वयं भगवान बैठे थे और गरुड़के पीछे-पीछे चल रहे थे। उनके पीछे एक उत्तम रथपर सात्यकि और साम्ब बैठे थे ॥ ५१ ॥ हे महाराज! अन्यान्य यादव विविध प्रकारकी सवारियोंपर बैठकर भगवान कृष्णके असाधारण पुरुषार्थकी सराहना करते हुए चल रहे थे ॥५२॥ यादव तथा नगरनिवासी लोग सात्यकिके द्वारा पारिजातकी प्राप्तिका विस्तृत विवरण तथा श्रीकृष्णका पौरुष सुनकर आश्चर्यसे चकित हो गये ॥५३॥ सभी

वर्द्धन ॥ ४७ ॥ अद्य द्वारवतीं चैव पारिजातमहं द्रुमम् ॥ प्रवेशयिष्ये नगरे शोभा प्रक्रियतां शुभा ॥ ४८ ॥ इत्युक्तः सत्यको गत्वा तथोक्त्वा पुन-
रागतः ॥ कुमारैर्नागरैः सार्द्धं साम्बप्रभृतिभिः प्रभो ॥ ४९ ॥ ततोऽग्रतः पारिजातमारोप्य गरुडे तदा ॥ प्रद्युम्नो द्वारकां रम्यां विवेश रथिनां
वरः ॥ ५० ॥ शैब्यादिहययुक्तेन रथेनानुययौ हरिः ॥ तस्याथ रथमुख्येन सत्यकः साम्ब एव च ॥ ५१ ॥ ये त्वन्ये नृप वार्ष्णेया यानैर्बहुविधै-
स्तथा ॥ ययुः प्रहृष्टास्तत्कर्म पूजयन्तो महात्मनः ॥ ५२ ॥ सत्यकाद्विस्तरं श्रुत्वा यादवा नागरास्तथा ॥ विस्मयं परमं जग्मुरप्रमेयस्य कर्मणा
॥ ५३ ॥ तं दिव्यकुसुमं वृक्षं दृष्ट्वाऽऽनर्तनिवासिनः ॥ राजन्न ततृपुर्हृष्टाः पश्यमाना महोदयम् ॥ ५४ ॥ तमद्भुतमचिन्त्यं च मदकेलिकलाण्डजम् ॥
वृक्षोत्तमं पश्यतां वै वृद्धानामगमज्जरा ॥ ५५ ॥ ये त्वन्धचक्षुषः सर्वे तेऽभवन्दिव्यचक्षुषः ॥ विरोगा रोगिणश्चासन्घ्रात्वा गन्धं वनस्पतेः ॥ ५६ ॥
लपन्तः कोकिलाञ्छ्वेताञ्छ्रुत्वाऽऽनर्तनिवासिनः ॥ बभूवुर्हृष्टमनसो ववन्दुश्च जनार्दनम् ॥ ५७ ॥ नानाविधानि तूर्याणि गेयानि मधुराणि च ॥
शुश्रुवुस्तस्य वृक्षस्य नातिदूरं गता नराः ॥ ५८ ॥ यो यं संकल्पयामास गन्धं हृद्यं नरस्तथा ॥ स तदैव तमाजघ्रे पारिजातसमुद्भवम् ॥ ५९ ॥
ततः प्रविश्य रम्यां तु द्वारकां यदुनन्दनः ॥ वसुदेवं महात्मानं ददृशे देवकीं तथा ॥ ६० ॥ कुकुराधिपतिं चैव बलं भ्रातरमेव च ॥ वृद्धाश्च

द्वारकावासीको दिव्य पुष्पोंसे लदे हुए उस पारिजात वृक्षको निर्निमेष नयनोंसे निहारने लगे। बार-बार देखकर भी वे तृप्त नहीं हो रहे थे ॥ ५४ ॥ उस अद्भुत, अचिन्तनीय तथा पक्षिकलरवपूर्ण पारिजात वृक्षको देखकर बूढ़ोंका बुढ़ापा भाग गया ॥ ५५ ॥ नेत्रहीन अन्धे तत्काल दिव्य नेत्रसम्पन्न हो गये और केवल उसकी सुगन्धि सूँघकर रोगियोंका रोग दूर हो गया ॥ ५६ ॥ उस वृक्षपर बैठे श्वेत कोकिलोंकी मधुर बोली सुनकर लोगोंके आश्चर्यकी सीमा नहीं रही। वे सब गद्गद होकर बार-बार भगवान कृष्णकी वन्दना करने लगे ॥ ५७ ॥ दर्शकगण उस वृक्षके पास खड़े होकर विविध प्रकारके वाद्य एवं नाना प्रकारके सुमधुर संगीत सुनने लगे ॥ ५८ ॥ वहाँ उपस्थित लोगोंमेंसे जिसके हृदयमें जिस प्रकारकी सुगन्धि सूँघनेकी इच्छा जाग्रत हुई, उसपारिजात वृक्षके प्रतापसे उसको वह सुगन्धि प्राप्त हो गयी ॥ ५९ ॥ तदनन्तर यदुनन्दन श्रीकृष्ण द्वारकापुरीमें प्रविष्ट होकर महात्मा वसुदेव,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

माता देवकी, कुकुराधिपति उग्रसेन, भ्राता बलराम तथा देवतासदृश सम्मान प्राप्त करनेके अधिकारी अन्यान्य वृद्ध यादवोंसे मिलकर उनकी अभ्यर्थना की और यथाक्रम सबको विदा करके स्वयं अपने भवनमें गये ॥६०–६२॥ घरमें प्रविष्ट होते ही कृष्ण पारिजात वृक्षके साथ सर्वप्रथम सत्यभामाके महलमें गये ॥६३॥ वहाँ पहुँचते ही सत्यभामाने महाआह्लादके साथ भगवान कृष्णको धन्यवाद दिया और पारिजाततरु स्वीकार किया ॥ ६४ ॥ उसी समय एक आश्चर्यजनक घटना घटी। बात यह हुई कि वह पारिजात महावृक्ष विविध गुणसम्पन्न भगवान कृष्णकी इच्छासे धीरे-धीरे छोटा होने लगा ॥ ६५ ॥ फिर एकाएक वह इतना बढ़ा कि अपनी शाखा-प्रशाखाओंसे उसने सारी द्वारकापुरीको छोप लिया। कुछ ही देरमें वह अंगूठेके बराबर हो गया ॥ ६६ ॥ महारानी सत्यभामाकी कामना पूर्ण हो गयी थी। अतएव वे आनन्दविभोर हो उठीं। तत्काल वे पुण्यसञ्चयके निमित्त आवश्यक वस्तुयें जुटाने लगीं

यादवानां ये मानार्हानमरोपमान् ॥ ६१ ॥ विसृज्य तान्वै भगवाननादिनिधनोऽच्युतः ॥ संपूज्य च यथान्यायं स्वमेव भवनं गतः ॥ ६२ ॥ स
सत्यभामया वासं विवेश मधुसूदनः ॥ पारिजातं तरुश्रेष्ठं ग्रहाय गदपूर्वजः ॥ ६३ ॥ सा देवी पूजयामास प्रहृष्टा वासवानुजम् ॥ प्रतिजग्राह तं
चापि पारिजातं महाद्रुमम् ॥ ६४ ॥ मनीषितेन स तरुरल्पो भवति भारत ॥ महांश्च वासुदेवस्य तदद्भुतमभून्महत् ॥ ६५ ॥ कदाचिद्द्वारकां सर्वां
प्रच्छादयति भारत ॥ कदाचिद्धस्तधार्यस्तु भवत्यङ्गुष्ठसन्निभः ॥ ६६ ॥ ननन्द सत्या कौरव्य देवी प्राप्य मनोरथम् ॥ पुण्यकार्थं तु संभारान्सं-
भर्तुमुपचक्रमे ॥ ६७ ॥ यानि द्रव्याणि कौरव्य जम्बूद्वीपे तु कानिचित् ॥ योग्यानि तानि कृष्णेन संभृतानि महात्मना ॥६८॥ मुनिं तदा संस्मृ-
तवान्स नारदं जनार्दनः सर्वगुणोचितं वशी ॥ प्रतिग्रहार्थं व्रतकस्य सत्यया यथोपदिष्टस्य पुरन्दरानुजः ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु
हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातानयनं नाम सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ कृष्णस्य कौरव्य ध्यातमात्रस्तपोधनः ॥ आजगाम मुनिश्रेष्ठो नारदो वदतां वरः ॥ १ ॥ संपूजयित्वा विधिव-
द्वासुदेवो विशांपते ॥ प्रतिग्रहार्थं विधिवच्छ्रीमान्भक्त्या न्यमन्त्रयत् ॥ २ ॥ ततः काले च संप्राप्ते स्नातं देवो महामुनिम् ॥ संपूज्य माल्यैर्गन्धैश्च

॥ ६७ ॥ हे महाराज! जम्बूद्वीपमें उस व्रतके लिए उपयोगी जितनी सामग्रियाँ उपलब्ध हो सकीं, उन्हें भगवान कृष्णने जुटा लिया ॥ ६८ ॥ तदनन्तर महारानी सत्यभामाने व्रतके समय ब्राह्मणरूपमें वरण करनेके लिए सर्वगुणाकर देवर्षि नारदको बुलानेके निमित्त कहा और महारानीके कथनानुसार श्रीकृष्णने तत्काल उनका स्मरण किया ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

(पारिजातकी स्वर्गमें पुनः स्थापना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान कृष्णके स्मरण करते ही तपोधन तथा वाग्मिवर नारद भगवानके समक्ष आ उपस्थित हुए ॥१॥ आते ही भगवानने उनकी यथोचित पूजा की और दान लेनेके लिए बड़ी श्रद्धाके साथ उन्हें आमन्त्रित किया ॥२॥ वास्तविक अवसर उपस्थित होनेपर महारानी सत्यभामाके साथ श्रीकृष्ण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आनन्दित हृदयसे स्नान करके आये हुए देवर्षि नारदको सुगन्धित पुष्पोंकी माला पहनायी और चन्दन लगाया। तदनन्तर विविध प्रकारके पकवान अर्पण किये ॥ ३ ॥ ४ ॥ तत्पश्चात् महारानी सत्यभामाने भगवान कृष्णको एक पुष्पमाला पहनायी और उस मालाकी एक छोर पारिजात वृक्षमें बाँध दी ॥५॥ इसके बाद जलप्रक्षेपपूर्वक भगवान कृष्णको और उनके साथ ही एक हजार गौवें, स्वर्ण, रौप्य, माणिक्य, तिल, अन्न आदि अन्यान्य वस्तुओंका पर्वत दान करके देवर्षि नारदको दिया ॥ ६ ॥ ७ ॥ देवर्षिने समस्त दानद्रव्य ले लिया और परम प्रसन्न मनसे भगवानको बन्धनमुक्त करके कहा—॥८॥ हे केशव ! जब महारानी सत्यभामाने जलप्रक्षेपपूर्वक आपको मुझे दान करके दे दिया, तब आप मेरे हो गये। अब मैं जो कहूँगा, वह आपको करना होगा। अबसे आप मेरे अनुगामी हो गये ॥ ९ ॥ इसके उत्तरमें भगवानने कहा—'हे तपोधन ! आप जो कहेंगे, वही करूँगा।' ऐसा कहकर वे नारदके पीछे-पीछे चलने

भोजयामास भारत ॥ ३ ॥ सार्वकामिकमन्नाद्यं सर्वभूतकृदव्ययः ॥ सत्यया प्रियया सार्द्धं प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ ४ ॥ पुष्पदामावसज्याथ कण्ठे कृष्णस्य भामिनी ॥ बबन्ध कृष्णं सुभगा पारिजाते वनस्पतौ ॥ ५ ॥ अद्भिर्ददौ नारदाय ततोऽनुज्ञाप्य केशवम् ॥ देवी धेनुसहस्रं च काञ्चनस्य च पर्वतम् ॥ ६ ॥ हिरण्यरूप्यमिश्रं च मणिरत्नप्रभस्य च ॥ तिलमिश्रस्य च तथा धान्यैरन्यैर्युतस्य च ॥ ७ ॥ प्रतिगृह्य तु तत्सर्वं नारदो मुनिसत्तमः ॥ स संप्रहृष्टो भुक्त्वाऽथ भूयः केशवमब्रवीत् ॥ ८ ॥ भोः केशव मदीयस्त्वमद्भिर्दत्तोऽसि सत्यया ॥ स त्वं मामनुगच्छस्व कुरु यद्यद्ब्रवीम्यहम् ॥ ९ ॥ प्रथमः पक्ष इत्येवमब्रवीन्मधुसूदनः ॥ व्रजन्तमनुवव्राज नारदं च जनार्दनः ॥ १० ॥ परिहासं बहुविधं कृत्वा मुनिवरस्तदा ॥ तिष्ठस्व गच्छामीत्युक्त्वा परिहासविचक्षणः ॥ ११ ॥ अपनीय ततः कण्ठात्पुष्पदामैनमब्रवीत् ॥ कपिलां गां सवत्सां भो निष्क्रयार्थं प्रयच्छ मे ॥ १२ ॥ कृष्णाजिनं तिलैः पूर्णं प्रयच्छ च सकाञ्चनम् ॥ एषोऽत्र निष्क्रयः कृष्ण विहितो वृषकेतुना ॥ १३ ॥ तथेत्युक्त्वा हृषीकेशस्तथा चक्रे जनाधिप ॥ स उवाच मुनिश्रेष्ठं हसित्वा मधुसूदनः ॥ १४ ॥ वरं वरय धर्मज्ञ यस्ते नारद काङ्क्षितः ॥ तत्ते दास्यामि धर्मज्ञ परा प्रीतिर्हि मे त्वयि ॥ १५ ॥ नारद उवाच ॥ नित्यमेवास्तु मे प्रीतो भवान्विष्णो सनातन ॥ त्वत्प्रसादात्तु सालोक्यं व्रजेयं ते महामते ॥ १६ ॥ अयोनिजोऽर्भकोऽयं ते नारा-

लगे ॥ १० ॥ उस समय परिहासकुशल नारदने परिहास करते हुए कहा—'ठहरिए' ठहर जानेपर तनिक ही देर बाद फिर कहा—'चलिए'। इस प्रकार तरह-तरहके उपहास करने लगे ॥ ११ ॥ तदनन्तर भगवानके गलेकी माला खोलकर उन्होंने कहा—'हे केशव ! अब आप अपने बदले मुझे एक सवत्सा कपिला गो, तिल, कृष्णमृगचर्म और स्वर्णराशिका पूर्णपात्र प्रदान करिए। क्योंकि स्वयं वृषभध्वज शंकर भगवानने इसी प्रकारका विनिमय-विधान कर दिया है ॥ १२ ॥ १३ ॥ हे महाराज ! भगवानने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया। उन्होंने जैसा कहा, तदनुसार सब वस्तुयें प्रदान करके हँसते हुए भगवान बोले—'हे धर्मज्ञ ! मैं आपपर बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव आप मुझसे अपने अभिलषित वर माँग लें, मैं दूँगा' ॥ १४ ॥ १५ ॥ देवर्षि नारदने कहा—भगवन् ! मेरी एकमात्र यही अभिलाषा है कि आप सर्वदा मुझपर प्रसन्न रहें, जिससे मैं आपके अनुग्रहसे आपका सालोक्य प्राप्त कर लूँ ॥१६॥ और मैं अयोनिज

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बालक जन्मान्तरमें भी ब्राह्मण हो सकूँ ॥१७॥ हे महाराज! तब श्रीकृष्णने 'एवमस्तु' कहकर वरदान दिया। इससे देवर्षि नारदको बड़ी प्रसन्नता हुई ॥१८॥ इधर हरिप्रिया सत्यभामाने भगवानकी सोलहों हजार रानियोंको अपने महलमें निमंत्रित किया ॥ १९ ॥ तदनन्तर इन्द्राणीने भगवानको जो वस्त्राभूषण तथा रत्न प्रदान किया था, वह सब महारानी सत्यभामाने उन सब रानियोंमें वितरित कर दिया ॥२०॥ उधर पारिजाततरु भी द्वारकापुरीमें अवस्थित होकर अपनी महिमा प्रकट करने लगा। भगवान वासुदेव तथा देवर्षि नारदने जिन लोगोंको निमन्त्रित किया था। वे वहाँ आये और देवतरु पारिजातकी विभूतियाँ देखकर चकित रह गये ॥२१॥२२॥ उस समय श्रीकृष्णने पाँचों पाण्डवों, कुन्ती, द्रौपदी, सुभद्रा, कन्या समेत श्रुतश्रवा, सपुत्र भीष्मक तथा अन्यान्य बन्धु-बान्धवोंको निमन्त्रित किया। तदनुसार वे सभी लोग द्वारका आये ॥ २३ ॥ २४ ॥ भगवान वासुदेव अर्जुनसे सानन्द मिले और स्वजनोंके

यण सतां गते ॥ भवेयं ब्राह्मणश्चैव पुनर्जात्यन्तरेष्वपि ॥ १७ ॥ एवमस्त्विति तं देवो विष्णुः प्रोवाच भारत ॥ तुतोष च ततो धीमान्नारदो मुनिसत्तमः ॥ १८ ॥ षोडशस्त्रीसहस्राणि विष्णोरतुलतेजसः ॥ निमन्त्रितानि कौरव्य सत्यया हरिकान्तया ॥ १९ ॥ तासां ददौ सन्नियोगमेकैकं हरिवल्लभा ॥ शच्या यो वासुदेवस्य पुरा दत्तो नराधिप ॥ २० ॥ पारिजातो वसंस्तत्र ततः प्रववृते तदा ॥ आज्ञया वासुदेवस्य नारदेन महात्मना ॥ २१ ॥ निमन्त्रिता गणाः सर्वे केशवेन महात्मना ॥ विभूतिं पारिजातस्य ददृशुः कुरुनन्दन ॥ २२ ॥ पाण्डवांश्चानयामास सहैव पृथया हरिः ॥ द्रौपद्या च महातेजास्तथैव च सुभद्रया ॥ २३ ॥ श्रुतश्रवां च ससुतां भीष्मकं ससुतं तदा ॥ अन्यानपि च कौरव्य मित्रसंबन्धिबान्धवान् ॥ २४ ॥ रेमे च सह पार्थेन फाल्गुनेन जनार्दनः ॥ सान्तःपुरो महातेजाः परमर्द्ध्याऽवसन्नृप ॥ २५ ॥ संवत्सरे ततो याते केशिहाऽमरसत्तमः ॥ पारिजातं पुनः स्वर्गमानयत्सर्वभावनः ॥ २६ ॥ तत्रादितिं कश्यपं च दृष्ट्वा स्वजननीं प्रभुः ॥ शक्रेण सहितो धीमानप्रमेयपराक्रमः ॥ २७ ॥ तमुवाचादितिर्माता प्रणतं मधुसूदनम् ॥ सौभ्रात्रमस्तु वामेवं नित्यं चामरसत्तम ॥ २८ ॥ मनोरथं मम त्वं च पूरयस्व जनार्दन ॥ तथेत्येवाब्रवीत्कृष्णस्ततो मातरमात्मवान् ॥२९॥ आमन्त्रयित्वा पितरौ देवराजानमब्रवीत् ॥ वासुदेवो महातेजाः कालप्राप्तमिदं वचः ॥ ३० ॥ महादेवेन देवेश संदिष्टोऽस्मि महात्मना ॥ अन्तर्भूमितले वध्यानसुरान्प्रति मानद ॥ ३१ ॥ तदितो दशरात्रेण हन्ताऽहमसुरोत्तमान् ॥ तत्रोपविष्टान्स्थातव्यं प्रवरेण महा-

साथ बड़े सुखसे रहने लगे ॥२५॥ एक वर्ष पूर्ण होनेपर सर्वभावन भगवान कृष्ण पारिजातवृक्ष लेकर पुनः स्वर्ग गये ॥२६॥ वहाँ इन्द्रसे मिलकर भगवान उनके साथ पिता कश्यप तथा माता अदितिका दर्शन करनेके लिए उनके घर गये ॥२७॥ समक्ष उपस्थित होकर वासुदेवने माता अदितिका चरण स्पर्श किया। देवमाता अदिति बोलीं—वत्स! मेरी यही आकांक्षा है कि तुम दोनों भ्राताओंका प्रेम सदा अक्षुण्ण रहे। हे जनार्दन! तुम मेरा यह मनोरथ पूर्ण कर दो। तब भगवानने 'तथास्तु' कहकर माताकी इच्छाका अनुमोदन किया ॥ २८ ॥ २९ ॥ तदनन्तर माता-पिता अर्थात् अदिति और कश्यपसे विदा लेकर श्रीकृष्णने इन्द्रसे कहा—॥३०॥ हे देवेश! पारियात्र पर्वतके नीचे देवताओं द्वारा अवध्य जो बहुतेरे असुर रहते हैं, उन्हें विनष्ट करनेका भार महादेवजीने मेरे ऊपर डाला है ॥ ३१ ॥ अतएव आजसे लेकर दस रात्रिके भीतर मैं उन असुरोंका विनाश करना चाहता हूँ। तदर्थ वीरवर जयन्त और महात्मा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रवरको उस शून्य मार्गमें उपस्थित रहना होगा। मानवरूपधारी देवताके सिवाय उन्हें और कोई नहीं मार सकेगा। क्योंकि ब्रह्माजीका वरदान प्राप्त करके वे देवताओंके द्वारा अवध्य हो चुके हैं। अतएव इस समय हमीं लोग मनुष्यका रूप धारण करके उनका वध करेंगे ॥ ३२–३४ ॥ भगवान कृष्णके वचन सुनकर देवराजने उनकी योजनाका समर्थन करते हुए बड़ी प्रसन्नताके साथ उनका आलिङ्गन किया ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७८ ॥

(पुण्यकविधिकी विवेचना) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजयने कहा—हे द्विजवर! महर्षि द्वैपायन व्यासकी कृपासे आपके लिए कुछ भी अज्ञेय नहीं है। अतएव आप मुझे अब पुण्यकविधिकी उत्पत्तिका इतिहास सुनाइए ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले——हे महाराज! पूर्वकालमें भगवती पार्वतीके द्वारा इस संसारमें जिस प्रकार उस व्रतकी उत्पत्ति हुई, सो बताता हूँ,

त्मना ॥ ३२ ॥ जयन्तेन च वीरेण दानवानां जिघांसया ॥ एकोऽत्र मानुषो देवो देवपुत्रस्तथा परः ॥ ३३ ॥ अवध्याः किल ते देवैर्ब्रह्मणो वरद-पिंताः ॥ अस्माभिः किल हन्तव्या मानुषत्वमुपागतैः ॥ ३४ ॥ तथेति कृष्णं स हरिः प्रीतरूपस्तथाऽब्रवीत् ॥ सस्वजाते ततो देवावन्योन्यं जन-मेजय ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे स्वर्गे पारिजातस्थापनं नाम अष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७८ ॥

जनमेजय उवाच ॥ पुण्यकानां ममोत्पत्तिं कथयस्व द्विजोत्तम ॥ द्वैपायनप्रसादेन सर्वं हि विदितं तव ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ उमया पुण्यकविधिर्नरेन्द्रोत्पादितः पुरा ॥ शृणु येन विधानेन लोके धर्मभृतां वर ॥ २ ॥ स्वर्गान्नीते पारिजाते कृष्णेनाक्लिष्टकर्मणा ॥ ययौ द्वारवतीं धीमान्नारदो मुनिसत्तमः ॥ ३ ॥ देवासुरे नृपश्रेष्ठ संग्रामे समुपस्थिते ॥ षट्पुरस्य वधे घोरे महादेवाज्ञयाऽनघ ॥ ४ ॥ कृष्णेन सहितं विप्रं नारदं धर्मवित्तमम् ॥ आसीनं परिपप्रच्छ रुक्मिणी भैष्मिकी नृप ॥ ५ ॥ तत्र जाम्बवती देवी सत्यभामा च भामिनी ॥ गान्धारराजपुत्री च योगयुक्ता नराधिप ॥ ६ ॥ देव्यश्च नृप कृष्णस्य बह्व्योऽन्या वै समागताः ॥ कुलशीलगुणोपेता धर्मशीलाः पतिव्रताः ॥ ७ ॥ रुक्मिण्युवाच ॥ मुने धर्म-भृतां श्रेष्ठ धर्मज्ञानभृतां वर ॥ उत्पत्तिं पुण्यकानां त्वं वक्तुमर्हस्यशेषतः ॥ ८ ॥ विधिं च फलयोगं च दानकालं तथैव च ॥ कौतूहलं नस्तत्सिद्धिं वदस्व वदतां वर ॥ ९ ॥ नारद उवाच ॥ शृणु वैदर्भि धर्मज्ञे सपत्नीभिः सहानघे ॥ पुण्यकानां विधिः प्रोक्तो यथा देवि पुरा मया ॥ १० ॥

सुनिए ॥ २ ॥ जब महात्मा श्रीकृष्ण पारिजात लेकर द्वारका गये, तब धीमान् नारद भी वहाँ जा पहुँचे ॥ ३ ॥ तदनन्तर महादेवके आदेशानुसार देवासुर-संग्राम हुआ और उस युद्धमें षट्पुर मारा गया ॥ ४ ॥ उसके बाद एक दिन देवर्षि नारद श्रीकृष्ण भगवानके साथ विराजमान थे। महारानी जाम्बवती, सत्यभामा, गान्धारराजपुत्री तथा अन्यान्य धर्मशीला तथा पतिपरायणा कृष्णपत्नियाँ वहाँ विद्यमान थीं। उसी समय भीष्मकनन्दिनी महारानी रुक्मिणीने देवर्षि नारदको सम्बोधित करके कहा——॥ ५–७ ॥ हे मुनिवर! पुण्यक विधिकी उत्पत्ति कैसे हुई? उसके नियम क्या हैं? किस समय उसे आरम्भ करना चाहिए? उसमें किन-किन वस्तुओंका दान करना आवश्यक रहता है? उसे करनेसे क्या फल होता है? इन बातोंको जाननेके लिए मेरी बड़ी प्रबल अभिलाषा है। अतएव आप विस्तृतरूपसे यह वृत्तान्त बताइए ॥ ८ ॥ ९ ॥ नारदजी बोले—हे देवि! पूर्वकालमें मैंने पुण्यक विधिका जो विवरण बताया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था, उसे आप अपनी सपत्नियोंके साथ सुनें ॥ १० ॥ भगवती पार्वतीने इस व्रतका अनुष्ठान करके अपनी सखियोंको निमन्त्रित किया ॥११॥ जिनमें अदिति आदि दक्षकन्यायें, पुलोमतनया इन्द्राणी, सोमदेवकी पत्नी रोहिणी, फाल्गुनी, पूर्वा, रेवती, शतभिषा तथा मघा आदि थीं। इन देवियोंने पूर्वकालमें भगवती उमाकी असाधारण आराधना की थी ॥ १२–१४ ॥ इनके अतिरिक्त गङ्गा, सरस्वती, वेणी, गोदावरी, वैतरणी, गण्डकी आदि नदियों, संसारको धारण करनेवाली लोपामुद्रा प्रभृति सतियों, गिरिराजकी पुत्रियों, अग्निकन्याओं, अग्निपत्नी स्वाहा, यशस्विनी देवी सावित्री, कुबेरकी पत्नी ऋद्धि, वरुणपत्नी, यमपत्नी, वसुपत्नी, श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, आशा, मेधा, प्रीति, मति, ख्याति, सन्नति एवं अन्यान्य जो पतिपरायणा

चचारोमा व्रतं देवी पुण्यकानां शुचिव्रता ॥ व्रतावसानेऽथ तया सख्यो देवि निमन्त्रिताः ॥ ११ ॥ अदित्याद्याः सुताः सर्वा दक्षस्याक्लिष्टकर्मणः ॥
पौलोमी च शची देवी ख्याता लोके पतिव्रता ॥ १२ ॥ रोहिणी च महाभागा सोमस्य दयिता सती ॥ फाल्गुनी च तथा पूर्वा रेवती च विशांपते ॥ १३ ॥ तथा शतभिषा चैव मघा च कुरुनन्दन ॥ एताभिर्हि महादेवी पूर्वमाराधिता सती ॥ १४ ॥ गङ्गा सरस्वती चैव वेणी गोदा च निम्नगा ॥ तथा वैतरणी चैव गण्डकी या च भारत ॥ १५ ॥ अन्याश्च सरितो रम्या लोपामुद्रा च भारत ॥ सत्यश्चान्या जगद्देव्यो धारयन्ति हिताः शुभाः ॥ १६ ॥ शुभाश्च गिरिनन्दिन्यो वह्निकन्याश्च सुव्रताः ॥ स्वाहा वह्निप्रिया देवी सावित्री च यशस्विनी ॥ १७ ॥ ऋद्धिः कुबेरकान्ता च जलेशमहिषी तथा ॥ भार्या पितृपतेश्चैव वसुपत्न्यस्तथा च याः ॥ १८ ॥ ह्रीः श्रीर्धृतिस्तथा कीर्तिराशा मेधा च सुव्रताः ॥ प्रीतिर्मतिश्च ख्यातिश्च सन्नीतिश्च तपोधनाः ॥ १९ ॥ देव्यः सत्यस्तथैवान्याः सर्वभूतहिते रताः ॥ तासां व्रतावसाने च पूजां चक्रेऽम्बिका तदा ॥२०॥ तिलरत्नमयं दत्त्वा पर्वतं सर्वधान्यवत् ॥ वासोभिर्भूषणैर्मुख्यैर्नानारागैः सुमध्यमे ॥२१॥ प्रतिगृह्य तु तां पूजां दत्तां देव्या तपोधनाः ॥ उपविष्टाः कथाश्चित्राः कुर्वन्त्यो भर्तृदेवताः ॥२२॥ पुण्यकार्थं कथास्तासामासन्देवी शशंस याः ॥ विधिं च पुण्यकस्याथ सतीनां भर्तृदेवते ॥ २३ ॥ तासां मतेन साध्वीनां सर्वासां सोमनन्दिनी ॥ पर्यपृच्छदुमां देवीं पुण्यकानां विधिं वरा ॥ २४ ॥ उमा तासां प्रियार्थं तु पुण्यकान्यब्रवीत्तदा ॥ समक्षं मम वैदर्भि सर्वभूतहिते रता ॥ २५ ॥ ममैव चोमया दत्तः स तदा रत्नपर्वतः ॥ प्रतिगृह्य मया चैव कृतो ब्राह्मणसाच्छुभे ॥ २६ ॥ उमा त्वरु-

नारियाँ संसारका हितसाधन करती थीं, उन सबको भगवती उमाने आमन्त्रित करके उनका यथाविधि पूजन किया ॥ १५–२० ॥ तदनन्तर उन्होंने उन सबको तिलपर्वत, रत्नपर्वत, अन्नपर्वत तथा विविध रङ्गोंके वस्त्र प्रदान किया ॥ २१ ॥ उन देवियोंने बड़े आदरके साथ भगवती पार्वतीकी दी हुई वस्तुयें ले लीं और एक साथ बैठकर विविध प्रकारके वार्तालाप करने लगीं ॥ २२ ॥ उसी वार्ताप्रसङ्गमें इस पुण्यकविधिकी भी चर्चा आयी। तत्र वहाँपर एकत्रित सतियोंने सोमनन्दिनी अरुन्धतीसे आग्रह किया। तदनुसार अरुन्धतीने भगवती पार्वतीसे पुण्यकविधिका विस्तृत विवरण बतानेकी प्रार्थना की ॥ २३ ॥ २४ ॥ हे वैदर्भी ! अरुन्धतीके प्रार्थनानुसार देवी पार्वतीने पुण्यकविधि बताना आरम्भ किया। उस समय मैं भी वहाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपस्थित था ॥ २५ ॥ उसके पहले ही भगवती उमाने उस व्रतकी सारी सामग्री मुझ ब्राह्मणको दान करके दे दी । तदनन्तर उमासे ही व्रतकी विधि पूछी । तब भगवती पार्वतीने उन्हें सम्बोधित करके कहा—हे कल्याणी ! मैंने पूर्वकालमें जैसी व्रतविधि देखी है । वह आनुपूर्विक रूपसे बता रही हूँ, सुनिये ॥ २६–२८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां नवसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७९ ॥

(पुण्यकव्रतका विधान) भगवती उमा बोलीं—मैंने अपने पतिदेवकी कृपासे इस व्रतका सब पुण्यदायक विधान देखा है । उन्हींकी आज्ञानुसार मैंने इस किया भी है । पुराणोंमें ऐसा कहा गया है कि जो स्त्रियाँ पातिव्रतधर्ममें सदा अविचलित रही हों, वे ही इस व्रतकी अधिकारिणी होती हैं ॥ १–४ ॥ यदि असती स्त्रियाँ दान और उपवासादि पुण्य-

न्धतीं साध्वीमामन्त्र्य यदभाषत ॥ शृणु कल्याणि वक्ष्यामि सर्वाभिः सहिता शुभे ॥ २७ ॥ पुण्यकानां विधिं कृत्स्नं यथावदनुपूर्वशः ॥ यथा चैव मया दृष्टस्तत एष विधिः शुभे ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पुण्यकविधिकथनं नाम नवसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७९ ॥

उमोवाच ॥ सर्वज्ञाऽहं यदा भर्तुः प्रसादेन शुचिस्मिते ॥ तदा पुरा ममादिष्टो दृष्टः पुण्यविधिः शुभः ॥ १ ॥ सनातनः पुण्यविधिरिति बुद्ध्याऽवगम्यताम् ॥ महादेवप्रसादेन मया दृष्टस्त्वरुन्धति ॥ २ ॥ पुण्यकानि च सर्वाणि चीर्णवत्यस्म्यनिन्दिते ॥ अनुज्ञया भगवतो भर्तुः शर्वस्य धीमतः ॥ ३ ॥ सतीत्वं धर्मचरणं यस्या नित्यमखण्डितम् ॥ पुण्यकानां विधिस्तस्याः पुराणैः परिकीर्तितः ॥ ४ ॥ दानोपवासपुण्यानि सुकृतान्यप्यरुन्धति ॥ निष्फलान्यसतीनां हि पुण्यकानि तथा शुभे ॥ ५ ॥ या वञ्चयन्ति भर्तारं योनिदुष्टाश्च याः स्त्रियः ॥ योनिदोषात्पुण्यफलं नाशनन्ति निरयङ्गमाः ॥ ६ ॥ साध्व्यो जगद्धारयन्ति सुशीलाः पतिदेवताः ॥ अनन्या धर्मनित्याश्च सतीपन्थानमाश्रिताः ॥ ७ ॥ अवाग्दुष्टाः शौचयुक्ता धृतिमत्यः शुभव्रताः ॥ सततं साधुवादिन्यो धारयन्ति जगत्खलु ॥ ८ ॥ व्याधितः पतितो वापि दीनो वापि कथंचन ॥ न त्यक्तव्यः स्त्रिया भर्ता धर्म एष सनातनः ॥ ९ ॥ अकार्यकारिणं वापि पतितं वापि निर्गुणम् ॥ स्त्री पतिं तारयत्येव तथाऽऽत्मानं शुभानने ॥ १० ॥ योनिदुष्टस्त्रियो नास्ति प्रायश्चित्तं हतैव सा ॥ वाग्दुष्टे विहितं सद्भिः प्रायश्चित्तं पुरातने ॥११॥ भर्तुश्छन्देन कर्तव्यं व्रतकं सर्वदा स्त्रिया ॥ उपवासोऽपि

कार्योंका अनुष्ठान करती हैं तो उनका सब किया-धरा व्यर्थ हो जाता है ॥ ५ ॥ जो व्यभिचारिणी स्त्रियाँ अपने पतिको धोखा देती हैं, उन्हें व्रतके पुण्यलाभकी बात तो दूर रही, बल्कि नरकगामिनी भी होना पड़ता है ॥ ६ ॥ सुशीला, पतिपरायणा, धर्मावलम्बिनी, सत्पथगामिनी एवं सती-साध्वी नारियाँ ही इस संसारको धारण करती हैं ॥ ७ ॥ फलतः जिन ललनाओंके मुखसे बुरी बातें नहीं निकलतीं, जो धैर्यका साथ कभी नहीं छोड़तीं और व्रतपालन जिनका मुख्य कार्य है, उन साधुवादिनी रमणियोंके द्वारा ही जगत्की रक्षा होती है ॥८॥ पति पतित हो, रोगी हो, दीन-हीन हो, फिर भी स्त्रीको चाहिए कि वह उसका परित्याग कदापि न करे । यही सनातन धर्म है ॥९॥ अकार्यकारी, पतित और निर्गुण पतिको तथा अपने आपको एकमात्र सती स्त्री ही तारती है ॥ १० ॥ वाग्दूषिता स्त्रियोंके लिए तो साधुपुरुषोंने शास्त्रोंमें प्रायश्चित्तका विधान कर दिया है, किन्तु व्यभिचारिणी स्त्रीके लिए प्रायश्चित्तका कोई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विधान नहीं किया गया है। क्योंकि उसका तो जीवन ही समाप्त हो जाता है ॥११॥ सद्गति प्राप्त करनेकी कामनासे स्त्री कोई भी व्रत या उपवास करे तो उसके लिए पतिकी अनुमति अत्यन्त आवश्यक होती है ॥१२॥ जो स्त्री व्यभिचारिणी होती है, उसको हजार कल्पमें भी सद्गति नहीं प्राप्त होती। उसे चिरकालतक हजारों तिर्यग्योनियोंमें भ्रमण करना पड़ता है ॥१३॥ कोई व्यभिचारिणी स्त्री कदाचित् मनुष्ययोनि पाती भी है तो उसे कुक्कुरभोजी चण्डालोंके घर जन्म लेना पड़ता है ॥१४॥ हे तपोधने अरुन्धती! स्त्रियोंके लिए एकमात्र पति ही देवता होता है। अतएव जो स्त्रियाँ अपने पतिको सन्तुष्ट कर सकती हैं, उन्हें सभी धर्मोंका फल प्राप्त हो जाता है और वास्तवमें वे ही सती महिलायें होती हैं ॥१५॥ पतिपर प्रगाढ़ श्रद्धा न रखकर जो स्त्रियाँ आश्चर्यजनक घटनायें देखनेको लालायित रहती हैं, उन्हें सद्गति बड़ी कठिनाईसे मिलती है ॥ १६ ॥ जिन स्त्रियोंका मन प्रगाढ़ भक्तिके साथ अपने स्वामीमें आसक्त रहता है,

वा सत्ये कांक्षन्त्या सुकृतां गतिम् ॥ १२ ॥ कल्पान्तरसहस्रेषु न स्त्री सा लभते गतिम् ॥ तिर्यग्योनिसहस्रेषु पच्यते योनिविप्लवात् ॥ १३ ॥ यदि
सा नाम मानुष्यं स्त्री लभेदसती सती ॥ चण्डालयोनौ दुर्मेधा जायते कुक्कुराशना ॥ १४ ॥ भर्ता देवः सदा स्त्रीणां सद्भिर्दृष्टस्तपोधने ॥ यस्या
हि तुष्यते भर्ता सा सती धर्मचारिणी ॥१५॥ कौतूहलहतानां तु स्त्रीणां लोको न शोभनः ॥ भर्तर्येव मनो यासां सद्भावेन व्यवस्थितम् ॥ १६ ॥
कर्मणा मनसा वाचा पतिं नातिचरन्ति याः ॥ तासां पुण्यफलं सौम्ये पुण्यकैः समुदाहृतम् ॥ १७ ॥ पुण्यकानां विधिं कृत्स्नं स्वर्लोकप्रतिशो-
भने ॥ निबोध सह सर्वाभिर्दृष्टो यस्तपसा मया ॥१८॥ स्नात्वा स्त्री प्रातरुत्थाय पतिं विज्ञापयेत्सती ॥ उपवासार्थमथ वा व्रतकार्थं धृतव्रते ॥१९॥
श्वशुराभ्यां च चरणौ सततं सत्तमस्य च ॥ ग्रहायौदुम्बरं पात्रं सकुशं साक्षतं तथा ॥ २० ॥ गोशृङ्गं दक्षिणं सिच्य प्रतिगृह्णीत तज्जलम् ॥ ततो
भर्तुः सती दद्यात्स्नातस्य प्रयतस्य च ॥ २१ ॥ आत्मनोऽपि निषेक्तव्यं ततः शिरसि तज्जलम् ॥ त्रैलोक्यसर्वतीर्थेषु स्नानमेतदुदाहृतम् ॥ २२ ॥
उपवासेषु कर्तव्यमेतद्धि व्रतके च ॥ स्नानमेतद्धि सामान्यं स्त्रीणां पुंसां च भामिनि ॥ २३ ॥ अरुन्धति मया दृष्टं तपसा हरतेजसा ॥ अश-
ल्यविद्धं शयनमासनं च तथाविधम् ॥ २४ ॥ स्वयं प्रक्षालनं चापि पादयोरनुशब्दितम् ॥ अश्रुप्रपातो रोषश्च कलहश्च कृतः सति ॥ उपवासाद्व्र-

जो मन-वचन-कर्मसे कभी पतिप्रेमका अतिक्रमण नहीं करतीं, यथार्थरूपमें ऐसी ही स्त्रियोंको व्रतका वास्तविक फल प्राप्त होता है ॥ १७ ॥ हे भद्रे! मैंने तपस्याके प्रभावसे जिस प्रकारकी पुण्यविधि देखी है, इस समय वही बता रही हूँ। आपलोग सुनें ॥१८॥ प्रातःकाल सोकर उठते ही स्नानादि नित्यकर्मसे निवृत्त होनेके बाद व्रत करना हो चाहे उपवास, सर्वप्रथम अपने पतिसे अनुमति ले ॥१९॥ तदनन्तर सास-ससुरकी चरणवन्दना करके कुश-अक्षतयुक्त तथा जलपूर्ण ताम्रपात्र हाथमें लेकर गौकी दहिनी सींग धोकर धोवनका जल हाथमें ले। वह जल स्नान करके बैठे हुए पतिके तथा अपने मस्तकपर छिड़के। इस जल द्वारा स्नान करनेसे सारी त्रिलोकीके तीर्थोंमें स्नान सम्पन्न हो जाता है ॥ २०–२२ ॥ व्रतके उपलक्ष्यमें हो या उपवासके, स्त्री-पुरुष सभी लोगोंको इस जलसे स्नान करना आवश्यक रहता है। व्रत तथा उपवासके दिन सुईसे सिली शय्यापर न सोये ॥ २३ ॥ २४ ॥ अपने हाथसे पैर धोये। उस दिन क्रोध,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कलह तथा अश्रुपात न करे। क्योंकि ऐसा करनेसे व्रत अथवा उपवास भङ्ग हो जाता है ॥ २५ ॥ उस दिन बाहरी-भीतरी सभी वस्त्र स्वच्छ तथा श्वेत पहनना चाहिए ॥ २६ ॥ व्रत तथा उपवासवाले दिन पादुकाके स्थानमें तृणकी बनी पादुका पहने ॥ २७ ॥ उस रोज अञ्जन, अलकावली, सुगन्धित पदार्थ तथा पुष्प आदिका उपयोग कदापि न करे ॥ २८ ॥ व्रतके दिन दातौन न करे। सिरसे स्नान न करे और उबटन न लगाये। मृत्तिकाके अतिरिक्त किसी अन्य वस्तुसे केशसंस्कार तथा अङ्ग मार्जन न करे ॥२९॥ मस्तकपर तेल, हरीतकी, श्रीफल तथा आँवला मलकर स्नान करे। मिट्टी मिले जलमें स्नान निषिद्ध है ॥ ३० ॥ केशोंका सँवार-शृङ्गार, पैरोंमें महावर तथा तेलकी मालिश उस दिन कदापि न करे ॥ ३१ ॥ बैलगाड़ी, ऊँटगाड़ी तथा गधेकी सवारी न करे। व्रत और उपवासके समय नग्न होकर स्नान न करे ॥ ३२ ॥ नदी, तालाब, झरना, बावली अथवा विस्तृत सरोवरपर जाकर नहाये। पर्देमें रहने-

ताद्धापि सद्यो भ्रंशयति स्त्रियः ॥ २५ ॥ शुक्लमेव सदा वासः प्रशस्तं चन्द्रसम्भवे ॥ अन्तर्वासोऽपरं चैव उपवासे व्रते तथा ॥ २६ ॥ पादुकार्थं तृणैः कार्यं सर्वदा व्रतके सति ॥ उपवासेऽपि च विधिरेष एव प्रवर्तितः ॥ २७ ॥ अञ्जनं रोचनं चापि गन्धान्सुमनसस्तथा ॥ व्रतके चोपवासे च नित्यमेव विवर्जयेत् ॥ २८ ॥ दन्तकाष्ठं शिरःस्नानमुद्वर्तनमथापि वा ॥ विवर्जितं मृदा सर्वं शौचार्थं तु विधीयते ॥ २९ ॥ बिल्वामृतफलैर्नित्यं श्रीफलैश्च समाचरेत् ॥ प्रक्षालनं वै शिरसः सदाऽमृन्मिश्रितैर्जलैः ॥ ३० ॥ शिरसोऽभ्यञ्जनं सौम्ये नैव तावत्प्रशस्यते ॥ न पादयोर्न गात्रस्य स्नेहनेति स्थितिः स्मृता ॥ ३१ ॥ गोयानमुष्ट्रयानं च खरयानं च वर्जितम् ॥ नग्नस्नानं च सततं व्रते चाप्युपवासके ॥ ३२ ॥ नदीजलं प्रस्रवजं प्रशस्तं सोमनन्दिनि ॥ शुभे तडागे वाप्यादौ विस्तीर्णे जलजायुते ॥ ३३ ॥ गत्वा स्नानं प्रशस्तं तु सदैव खलु सर्वथा ॥ अलाभे त्ववरुद्धा स्त्री घटस्नानं समाचरेत् ॥ ३४ ॥ नवैश्च कुम्भैः स्नातव्यं विधिरेष पुरातनः ॥ स्नानं च कार्यं शिरसा तपःफलमवाप्नुयात् ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे अशीतितमोऽध्यायः ॥ ८० ॥

उमोवाच ॥ विधिनैतेन कृत्स्नेन स्त्री सदा भर्तृदेवता ॥ चरेत्संवत्सरं दान्ता षण्मासान्मासमेव च ॥ १ ॥ स्त्रियो ह्यावाहयेत्साध्वीरेकादश समाधिना ॥ स्वयं चैव विधिर्दृष्टो व्रतकानां मया शुभः ॥ २ ॥ अद्भिर्दद्यात्सतीः सर्वा या मूलव्रतिनी भवेत् ॥ तासां तु निष्क्रयो देयः काल-

वाली स्त्रियाँ यदि नदी-तालाब आदिपर जानेमें असमर्थ हों तो वे नये कलशके जलसे स्नान कर सकती हैं। क्योंकि यह पुरातन प्रणाली है। इस तरह सिरसे स्नान करनेवाली रमणी तपस्याका फल प्राप्त करती है ॥ ३३-३५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामशीतितमोऽध्यायः ॥ ८० ॥

(व्रतका विधान और नियम) पार्वतीजी बोलीं—हे भद्रे ! पतिपरायणा स्त्रियोंको चाहिए कि पूर्वोक्त विधिके अनुसार सब कार्य करती हुई एक वर्ष, छ महीने तथा एक महीनेका व्रत लें ॥ १ ॥ तदनन्तर ग्यारह साध्वी स्त्रियोंको निमन्त्रित करे। निमन्त्रित करनेके बाद निष्क्रयदान द्वारा उनका क्रय करके जलके साथ उन्हें अपने आचार्यको दे दे। तदनन्तर मूल्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देकर उनको आचार्यसे खरीद ले और फिर उन्हें उनके पतिको सौंप दे ॥ २ ॥ ३ ॥ एक मास व्यतीत हो जानेपर शुक्लपक्षकी नवमीको विधिवत् पूजन करके व्रतकी समाप्ति करे ॥ ४ ॥ व्रतसिद्धिके लिये व्रतके आदि तथा अन्तिम दिन उपवास अवश्य करे ॥ ५ ॥ उस रोज अपना नाखून कटवावे और पतिका बाल बनवा दे । तदनन्तर विवाहकालके समान तेल-हल्दी आदि शरीरमें मलकर दोनों प्राणी साथ-साथ स्नान करके आभूषण तथा माल्यादि धारण करें ॥ ६ ॥ ७ ॥ कलशके जलसे स्नान करते समय स्त्री अपने पतिके चरणोंमें प्रणाम करके मन ही मन अथवा जोरसे उच्चारण करके अगले मन्त्रका पाठ करे—॥ ८ ॥ 'हे जल ! तुम ऋषियोंके जन्मदाता हो और समस्त संसारको अपने ऊपर धारण करते हो । यज्ञोंमें तुम 'मदन्ती' नामसे विख्यात हो । तुम दिव्य, सुखकर, धर्मधारी. हिरण्यवर्ण और पावन हो । अतएव तुम अपने पुण्यजनक रस द्वारा मुझे श्रेय प्रदान करो' यही स्नानमंत्र है ॥ ९ ॥ अब

देशानुरूपतः ॥ ३ ॥ ततो मासान्तशुक्लस्य तिथौ च नवमी तथा ॥ आराधयित्वा कर्तव्यं व्रतकस्यापवर्जनम् ॥ ४ ॥ उपवासमहोरात्रं व्रतकं चापि
निश्चितम् ॥ आदौ चान्ते च कुर्वीत व्रतकस्यापि सिद्धये ॥ ५ ॥ क्षुरकर्म ततो भर्तुरात्मनश्चैव कारयेत् ॥ उत्सादनं च स्नानं च तस्मिन्नहनि
संस्मृतम् ॥ ६ ॥ ततो विवाहवत्स्नानं विहितं पुण्यके शुभे ॥ मण्डनं चैव विहितं माल्यधारणमेव च ॥ ७ ॥ कुम्भैस्तु स्नाप्यमानेयं साध्वी मन्त्र-
मुदीरयेत् ॥ भर्तुः पादौ नमस्कृत्य मनसा वाऽथ वा गिरा ॥ ८ ॥ आपो देव्य ऋषीणां हि विश्वधात्र्यो दिव्या मदन्त्यो याः शङ्करा धर्मधात्र्यः ॥
हिरण्यवर्णाः पावकाः शिवतमेन रसेन श्रेयसो मां जुषन्तु ॥ ९ ॥ अपामेष स्मृतो मन्त्रः सर्वत्रान्यत्र मे शृणु ॥ मन्त्राः पुराणविहिताः स्त्रीणां
सर्वाङ्गशोभने ॥ १० ॥ शुभाव्यया गुणिनी युक्तधर्मा भर्त्रा साकं मम दास्या वरेण ॥ मा कर्मणा मनसा चापि वाचा भर्तुर्भवेयं रुपती स्यां
वशङ्गा ॥ ११ ॥ सपत्नीनामधि नित्यं भवेयं सपुत्रा स्यां सुभगा चारुरूपा ॥ संपन्नहस्ता गुणवादिनी च सर्वात्मना स्यामदरिद्रा भवेयम् ॥ १२ ॥
पतिश्च मे स्यात्सुमुखो मत्प्रतीक्षो नित्यं मद्भक्तः स्यान्मन्मतिर्मद्गतिश्च ॥ प्रीतिश्च नौ स्याच्चक्रवाकानुरूपा मनोविरागो न भवेत्साधुवत्स्यात्
॥ १३ ॥ लोकान्साध्वीनामुत्तमानां व्रजेयं याभिः सर्वं धार्यते विश्वरूपम् ॥ उभे कुले याः शुभाः पावयन्ति पितुर्भर्तुश्च पतिभक्त्योर्जिताश्च ॥ १४ ॥

मैं पुराणोंमें कहे गये अन्यान्य स्नानमन्त्रोंको बता रही हूँ, सुनिए—॥ १० ॥ 'मैं जिस तरह अपने पतिकी कल्याणकारिणी बनूँ । जिससे मुझे निर्धन, निर्गुण तथा धर्मवर्जित न होना पड़े । जिससे कि मैं अपने पतिकी मनोऽनुगामिनी, आदरणीया एवं रोपरुष्टा होती हुई भी शरीर-मन तथा वचनसे सदा अपने पतिकी वशवर्तिनी होऊँ ॥ ११ ॥ जिससे कि मैं अपनी सौतोंपर प्रभुता स्थापित कर सकूँ । कभी भी मेरा हाथ ख़ाली न रहे । मैं सदा सुरूपा, सुपुत्रा, सुभगा, अदरिद्रा, गुणवादिनी तथा अन्नदानादिके विषयमें मुक्तहस्त हो सकूँ ॥ १२ ॥ जिससे मेरा स्वामी सुन्दर, मेरा मुखापेक्षी और मेरा भक्त हो । उसकी मुझसे भिन्न मति और गति न हो । चक्रवाकके जोड़ेकी तरह हम दोनोंका अनुराग सदा बना रहे और किसी समय हमारे मनमें कोई विकार न उत्पन्न हो । मेरा मन सदा स्वच्छ और पवित्र बना रहे ॥ १३ ॥ जो सती-साध्वी महिलायें पितृकुल तथा पतिकुल दोनों कुलोंको पवित्र करती हैं, जो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने सतीत्वसे संसारको धारण करती हैं, मैं उन्हीं सती-साध्वी ललनाओंका सालोक्य चाहती हूँ ॥ १४ ॥ भूमि, जल, वायु, आकाश, अग्नि, स्थूल-सूक्ष्मवेत्ता पुरुष, प्रकृति, महत्तत्त्व, अहङ्कारतत्त्व एवं सभी मुनिगण मेरी भक्ति तथा मेरे व्रतके साक्षी हों ॥ १५ ॥ जरायुजादि प्राणियोंमें रहनेवाले तथा जीवके मूल कारण जो सत्त्वादि तीनों गुण इस भौतिक शरीरकी रचना करते हैं, वे भी मेरे व्रत तथा मेरी भक्तिके साक्षी बनें ॥ १६ ॥ चन्द्रमा, सूर्य, पुण्यसाक्षी यम, दसों दिशायें, मेरा मन एवं दोनों सन्ध्यायें, ये सब मेरे व्रत तथा मेरी भक्तिके साक्षी बनें ॥ १७ ॥ पुराणोंमें ऐसा कहा गया है कि व्रत आरम्भ करनेके दिनसे प्रतिदिन इन मंत्रोंका पाठ तथा इसी प्रकार कार्य करना चाहिए ॥ १८ ॥ तदनन्तर स्नान करके स्वामीको अपने हाथसे कते सूतका बुना हुआ वस्त्र प्रदान करे। यदि किसी कारणवश अपने हाथसे कते सूतका वस्त्र न तैयार हो सके तो कुछ अपना काता तथा कुछ

भूमिर्वायुर्जलमाकाशमग्निरन्तः क्षेत्रज्ञः प्रकृतिर्यो महांश्च ॥ अहङ्कारश्च मम साक्ष्ये नियुक्ताः स्मरेयुर्मे निश्चयं च व्रतं च ॥ १५॥ यैरारब्धो देहिनां भौतिकोऽयं विधिः सत्त्वाद्यैर्भूतयुक्तैः सबीजैः ॥ सन्त्वेते मे साक्षिणः सर्वसंस्था व्रते चास्मिन्निश्चये चापि नित्यम् ॥ १६ ॥ चन्द्रादित्यौ पुण्यसाक्षी यमश्च दिशः सर्वा दश चात्मा च मेऽयम् ॥ सन्त्वेते वै साक्षिणः सर्वसंस्था व्रते चास्मिन्निश्चये चापि नित्यम् ॥ १७ ॥ मन्त्रैरेतैः पुराणोक्तैः सर्वद्रव्याभिमन्त्रणम् ॥ व्रतचर्यात्प्रभृति वै पुराणे समुदाहृतम् ॥ १८ ॥ स्नात्वाऽथ वाससी दद्याद्भर्तुः कर्त्यं स्वयं शुभे ॥ अथात्मकर्तितं न स्याच्छुभे विघ्नेन केनचित् ॥ १९ ॥ वासोऽन्यदेव दद्याच्च श्वेतं मुख्यं नवं शुचि ॥ स्वकर्तितं च सूत्रं तु वाससा तेन मिश्रयेत् ॥ २० ॥ ततो द्विजं शुचिं दान्तं ज्ञानविज्ञानकोविदम् ॥ भोजयेच्च यथाशक्त्या सह भर्त्रा सुमध्यमे ॥ २१ ॥ ब्राह्मणस्यापि दातव्यं वासोयुग्मं महातपे ॥ शय्यासनं गृहं धान्यं दासं दासीं तथैव च ॥ २२ ॥ अलंकारः शक्तितश्च रत्नपर्वत एव च ॥ सर्वधान्यसमुन्मिश्रस्तिलैश्च सविशेषतः ॥ २३ ॥ वासोभिश्च प्रतिच्छन्नो नानावर्णैररुन्धति ॥ हस्त्यश्वावचयश्चैव देया गौरेव च ध्रुवम् ॥ २४ ॥ लवणप्रतिमां दद्यान्नवनीतस्य चापराम् ॥ गुडस्य मधुनश्चैव सुवर्णस्य च शोभनाम् ॥ २५ ॥ तथैव सर्वगन्धानां रसानां पृथगेव च ॥ तथा सुमनसां दद्याद्रौप्यस्यौदुम्बरस्य च ॥ २६ ॥ फलानां चैव सर्वेषां वाससामपि नन्दिनि ॥ चित्रप्रतिकृतिं चैव काष्ठस्य प्रतिमां तथा ॥ २७॥ शिलां प्रतिकृतिं चैव दध्नोऽथ पयसस्तथा ॥ सर्पिषा दूर्वया चैव या

दूसरेके हाथका कता सूत मिलाकर वस्त्र बुनवा ले और वही अपने पतिको प्रदान कर दे ॥ १९ ॥ २० ॥ तदनन्तर ज्ञान-विज्ञानके पण्डित, सदाचारी तथा जितेन्द्रिय ब्राह्मणको पतिके साथ बिठाकर भोजन करावे और ब्राह्मणको दो वस्त्र, शय्या, यान, गृह, दास-दासी, अन्न, यथाशक्ति अलङ्कार तथा रत्नराशि अर्पण करे। दानमें दिये जानेवाले अन्नमें तिल मिला दे और विविध वर्णके वस्त्रसे ढाँककर ही दान दे। हे देवी अरुन्धती! यदि सामर्थ्य हो तो हाथी-घोड़े आदि भी दान दे। शक्ति न हो तो एक गौदान अवश्य करे ॥ २१–२४ ॥ नमक, मक्खन, गुड़, मधु, सुवर्ण, सब प्रकारके सुगन्धिद्रव्य, सब प्रकारके रस, नाना प्रकारके पुष्प, चाँदी, गूलर, विविध प्रकारके फल, वस्त्र, काष्ठ और शिला द्वारा मेरी

७८

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पार्वती) तथा शंकरजीकी प्रतिमा बनवाकर उसे दही-दूध आदि पञ्चामृतसे स्नान कराये और उस प्रतिमाका पूजन करे ॥ २५–२८ ॥ देश, काल तथा अपनी हैसियतके अनुसार थोड़ा या बहुत, जो हो सके अवश्य दान करे। किन्तु तिलमात्र वस्तु भी स्वामीकी अनुमतिके बिना न दे ॥ २९ ॥ कपिला गौ, कांस्यपात्र, कृष्णमृगचर्म, तिल, वस्त्राच्छादित जलपात्र, मोरपंख तथा अजिनदान अवश्य दे ॥ ३० ॥ ३१ ॥ व्रतके उपलक्ष्यमें इन वस्तुओंका दान देनेवाली महिलाकी सब कामनायें पूर्ण हो जाती हैं। वह संसारमें अग्रगण्या, पुत्रवती, सौभाग्यवती, सुरूपा, मुक्तहस्ता तथा धनसम्पन्न हो जाती है। यदि इच्छा हो तो उसे रूप-गुणवती कन्या भी प्राप्त हो जाती है ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ और अधिक कहाँ तक कहें, उस स्त्रीकी कन्यायें भी माताके अनुरूप पूर्वोक्त सभी गुणोंसे विभूषित हो जाती हैं ॥ ३४ ॥ हे देवी अरुन्धती! सर्वप्रथम मैंने ही यह व्रत किया

चान्यामप्यभीप्सति ॥ २८ ॥ कालदेशानुरूपं च देयं विभवतः सति ॥ अल्पं वा बहुलं वापि भर्तुश्छन्देन सर्वदा ॥ २९ ॥ तिलमात्रं प्रदातव्यं न देयं ननु शोभने ॥ गौस्त्ववश्यं प्रदातव्या कपिला कांस्यमेव च ॥ ३० ॥ कृष्णाजिनं च सुभगे सतिलं वाससाऽन्वितम् ॥ आदर्शश्चैव कूर्चश्च तथाऽजिनमनिन्दिते ॥ ३१ ॥ एतद्दत्त्वा सर्वकामानाप्नोति वरवर्णिनि ॥ पुरोऽधिका पुत्रवती सुभगा रूपभागिनी ॥३२॥ मुक्तहस्ता धनाढ्या च स्त्री भवत्यमलेक्षणा ॥ इच्छया लभते चैव कन्या रूपगुणान्विताः ॥ ३३ ॥ भवन्ति सुभगाश्चार्यास्तथैव च पुरोऽधिकाः ॥ पुत्रवत्यो धनाढ्याश्च शीलवत्यश्च नित्यदा ॥ ३४ ॥ अरुन्धति कृतं ह्येतन्मयैव प्रथमं यतः ॥ उमाव्रतकमित्येव ख्यातमत्र महीतले ॥ ३५ ॥ एतदेवोत्तमं स्त्रीणां व्रतं तस्मात्समाचरेत् ॥ सर्वकामानवाप्नोति दत्त्वैवैतदनिन्दिते ॥ ३६ ॥ एतद्व्रतकरो ह्येव देवदेवो वृषध्वजः ॥ पुराऽभिषिक्तवान्सौम्ये प्रियार्थं मम सर्वकृत् ॥ ३७ ॥ व्रतकस्यावसानेऽथ देयं भोज्यं च नित्यदा ॥ स्त्रीणां कामाः प्रदेयाश्च सदृशाः कालदेशयोः ॥ ३८ ॥ एकैकस्य प्रदातव्यं व्रतकं वरवर्णिनि ॥ छन्दतो ब्राह्मणानां तु देयमन्नं सदक्षिणम् ॥ ३९ ॥ पायसं तत्र दातव्यं व्रतकं नान्यदिष्यते ॥ नात्र प्राणिवधः कार्यः पुराणे नियता श्रुतिः ॥ ४० ॥ अथ द्वितीयं वक्ष्यामि व्रतं सोमसमुद्भवे ॥ महादेवप्रसादेन दृष्टवत्यस्मि यच्छुभे ॥ ४१ ॥ सर्वाः पुत्रफला नार्यः सद्भिरेत-

था। अतएव यह 'उमाव्रत'के नामसे संसारमें विख्यात हो गया है ॥ ३५ ॥ स्त्रियोंके लिए यह अति उत्तम व्रत है। अतएव महिलाओंको यह व्रत अवश्य करना चाहिए। जो यह व्रत और दान करती है, उसकी सब कामनायें पूर्ण हो जाती हैं ॥ ३६ ॥ 'मैं सर्वकर्ता शंकर भगवानकी पत्नी बनूँगी' ऐसा संकल्प करके उन्हें ही मैंने इस व्रतमें अभिषिक्त किया था। सो मेरी कामना पूर्ण हो गयी ॥ ३७ ॥ व्रतकी समाप्तिपर अन्यान्य स्त्रियोंको भोजन कराके देश-कालके अनुरूप और उनकी इच्छाके अनुसार सामग्रियें प्रदान करे ॥ ३८ ॥ व्रतविधानके निमित्त जो सामग्रियें जुटायी गयी हों, उनमेंसे एक-एक वस्त्र प्रत्येक ब्राह्मणको प्रदान करे। तदनन्तर उन्हें खीर-पूड़ी भोजन कराके दक्षिणा दे। पुराणोंमें कहा गया है कि व्रतके दिनोंमें प्राणि-हिंसा कदापि न करे ॥३९॥४०॥ हे सोमवंशमें उत्पन्न देवी अरुन्धती! महादेवजीकी कृपासे मैंने एक दूसरा व्रत भी किया है। उसे बताती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हूँ, सुनो ॥ ४१ ॥ पुत्रप्राप्तिकी कामना रखनेवाली स्त्रियोंको चाहिए कि वे पूर्वोक्त रीतिसे गोशृङ्गधौत जलसे स्नान करके सर्वप्रथम जलसे पूर्ण करवा दान करें ॥ ४२ ॥ ज्येष्ठ और आषाढ़ ये ही दो महीने इस व्रतके लिए प्रशस्त माने गये हैं। अतएव ज्येष्ठ तथा आषाढ़में ही यह व्रत आरम्भ करे ॥ ४३ ॥ तदनन्तर दो मास अथवा एक मास व्यतीत हो जानेपर शर्करोदक, घृत, दुग्ध, मधु तथा जलसे भरा हुआ घट एक जितेन्द्रिय, व्रतनिष्ठ तथा ज्ञानवृद्ध ब्राह्मणके हाथमें समर्पण करे ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ऐसा करनेवाली सभी स्त्रियोंको पुत्र लाभ होता है। यदि कन्याकी कामना करके उपर्युक्त रीतिसे ब्राह्मणको दान दिया जाय तो कन्यालाभ भी हो सकता है ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ इस व्रतमें गोदान तथा स्वर्णदान उत्तम माना गया है। असमर्थ हो तो वस्त्रदान अवश्य करे ॥ ४८ ॥ ब्राह्मणके हाथमें यज्ञोपवीतदानका भी विधान है। घटदानविधिके अनुसार पुत्रकी कामना करके

दुदाहृतम् ॥ तस्मादन्विष्य तान्दद्यात्सपुत्रकरकाञ्छुभे ॥४२॥ ज्येष्ठाषाढौ शुभौ मासौ पुरोक्तं विधिमाचरेत् ॥ अथवा ज्येष्ठमेवैकमाषाढं वा समाचरेत् ॥४३॥ ततो मासद्वये पूर्णे मासे वा वरवर्णिनि ॥ सपुत्रकरकान्दद्यात्फाणितप्रतिपूरितान् ॥ ४४ ॥ सर्पिषः पयसश्चैव दध्नोऽथ मधुनोऽनघे ॥ जलस्य च तथा दद्यात्पूरयित्वा शशिप्रभे ॥ ४५ ॥ एकस्मै ज्ञानवृद्धाय सुव्रताय जितात्मने ॥ सपुत्रकरकान्दद्याद्यावन्तो मनसः प्रियाः ॥ ४६ ॥ इच्छेत स्त्री दुहितरं स्त्रीणां कामकरं ततः ॥ किंचिद्द्रव्यं सुताकामात्सुतां प्राप्नोत्यसंशयः ॥ ४७ ॥ गौर्वाऽथ काञ्चनं वाऽपि दक्षिणा चैव शस्यते ॥ विप्रस्याच्छादनं देयमवश्यं तु शुचिस्मिते ॥ ४८ ॥ यज्ञोपवीतं व्रतके दद्यान्नारी शुचिव्रता ॥ सपुत्रकरकाणां तु विधिरुक्तो विपश्चिता ॥ ४९ ॥ अपत्याख्यानयोगेन ब्राह्मणेभ्यः शुचिव्रता ॥ संवत्सरं सुसंपूर्णं व्रतधर्मानुपालिनी ॥ ५० ॥ करकानपि दद्याच्च पूर्णे संवत्सरे शुभे ॥ अनुज्ञया सदा भर्तुः सत्यवादिन्यरुन्धति ॥ ५१ ॥ सुवर्णसूत्रं विप्राय कौमुद्यां दातुमर्हति ॥ यज्ञोपवीतं विप्रस्य व्रतं संस्थाप्य कामिकम् ॥ ५२ ॥ यज्ञोपवीतं करकं दक्षिणां च स्वशक्तितः ॥ प्रयच्छती सती स्त्रीभ्यः सर्वान्कामान्समश्नुते ॥ ५३ ॥ नवं न भक्षयेत्किंचिन्नारी धान्यमथो फलम् ॥ पुष्पाणि नोपयुञ्जीत यावदेवं समाचरेत् ॥ ५४ ॥ एकभक्तेन धर्मज्ञे पुण्यकं कर्तुमर्हति ॥ ब्राह्मणाय तथा देयं भर्तुश्च तदनन्तरम् ॥ ५५ ॥ एवं संवत्सरं कृत्वा सुभगा रूपशालिनी ॥ भवत्यविधवा चैव स्त्री धनस्य तथेश्वरी ॥ ५६ ॥ वार्ताकानि न खादेद्या स्त्री पूर्णं परिवत्सरम् ॥ न सा पुत्रविनाशं हि

यज्ञोपवीतदान एक आवश्यक कर्तव्य माना गया है ॥ ४९ ॥ पुत्रकी कामना हो तो पुष्यादि पुरुषनक्षत्रोंमें और कन्याप्राप्तिकी इच्छा हो तो रोहिणी आदि स्त्रीनक्षत्रोंमें उपर्युक्त द्रव्योंका दान करना चाहिए। वर्ष पूर्ण होनेपर पतिकी आज्ञा प्राप्त करके कार्तिकी पूर्णिमाको कमण्डलु, सुवर्णसूत्र तथा यज्ञोपवीत दान करके व्रत आरम्भ करना चाहिए। इस प्रकार व्रत करके यथाशक्ति दक्षिणा देनेसे व्रतवती स्त्रीकी कोई भी कामना अपूर्ण नहीं रह जाती ॥ ५०–५३ ॥ व्रतकालमें किसी भी नवीन अन्न, फल तथा पुष्प आदिका उपभोग न करे ॥ ५४ ॥ दिन-रातमें केवल एक बार भोजन करके इस व्रतका पालन करना चाहिए। शान्त चित्तसे इस प्रकार व्रतका पालन करके पहले ब्राह्मण और उसके बाद अपने पतिको द्रव्य आदिका दान दे ॥ ५५ ॥ जो स्त्रियाँ इस प्रकार व्रतका आचरण करती हैं वे रूपवती, गुणवती और धनवती होती हैं। उन्हें जीवनमें कभी भी वैधव्यका क्लेश नहीं सहना पड़ता ॥ ५६ ॥ इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकार व्रतिनी होकर जो स्त्रियाँ वर्षभर अन्न नहीं खातीं, उन्हें पुत्रमरणजनित शोक नहीं सहना पड़ता ॥ ५७ ॥ व्रतकालमें जो स्त्री शशक तथा मृगका मांस नहीं खाती, वह चिरकालतक पतिपरायणा होकर अनायास बड़े आनन्दके साथ जीवनयापन करती है ॥ ५८ ॥ अपने पतिका कल्याण चाहनेवाली स्त्री वर्षभर अलाबू (लौकी), पूतिका (सतपुतिया), उत्पादिका (पोई) तथा कांचनी (कचनार) न खाय । वर्ष पूर्ण होनेपर पुष्कल दक्षिणाके साथ पूर्वोक्त शाकोंका दान करे । ऐसा करनेसे स्त्री सरलहृदया और पुत्रवती होती है ॥ ५९ ॥ ६० ॥ जो स्त्री व्रतके पहले ही दिनसे नित्य अपने हाथसे पैर धोती है, उसे कभी किसी प्रकारका उद्वेग नहीं सहना पड़ता और उत्तरोत्तर उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती जाती है ॥ ६१ ॥ जो स्त्रियाँ वर्षभर केवल दिनमें भोजन करके रातको कुछ नहीं खातीं, वे पुत्रवती तथा सौभाग्यवती होतीं और सौतोंपर उनकी प्रभुता स्थापित हो जाती है ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ वर्ष पूर्ण होनेपर

पश्यतीत्यवगम्यताम् ॥ ५७ ॥ शशकं मृगमांसं वा नित्यमेव विवर्जयेत् ॥ नाप्नोति मरणं नारी प्राप्नोति पतिदेवताम् ॥ ५८ ॥ अलाबुं वर्जये-
न्नारी तथैवोत्पादिकामपि ॥ अलाम्बु काञ्चनीं दद्याद्या भर्तुः सुखमिच्छति ॥५९॥ पूर्णे संवत्सरे दद्यादेकैकं शाकमादृता ॥ सदक्षिणं पुत्रवती भवत्येका
पुरोऽधिका ॥६०॥ स्वयं प्रक्षालयाना स्त्री स्वपादावेवमादितः ॥ प्रतिष्ठां लभते नित्यमुद्वेगं नाधिगच्छति ॥ ६१ ॥ दिवा या सूर्यपूतेन वर्तयेत्स्त्री
पतिव्रता ॥ एकं संवत्सरं पूर्णं रात्रावन्नं विवर्जयेत् ॥ ६२ ॥ सा जीवपुत्रा सुभगा भवत्यमरवर्णिनि ॥ अधितिष्ठति सर्वांश्च सपत्न्यो नात्र संशयः
॥६३॥ पूर्णे संवत्सरे दद्यात्सौवर्णं सूर्यमुत्तमम् ॥ ब्राह्मणायाभिरूपाय दरिद्राय यशस्विने ॥ ६४ ॥ फलानि वाथ पुष्पाणि भक्ष्याण्यपि च सुव्रता ॥
दद्यादनस्तमितके चरित्रव्रतका तथा ॥ ६५ ॥ या तथाऽस्तमिते सूर्ये भुंक्ते स्त्री नियता सती ॥ चन्द्रनक्षत्रपूतानि भोज्यानि वरवर्णिनि ॥ ६६ ॥
सा दद्यात्काञ्चनं चन्द्रं नक्षत्राणि ग्रहानपि ॥ अभिरूपाय विप्राय वासश्च लवणान्वितम् ॥ ६७ ॥ चन्द्रशीतलगात्री सा भवत्यमरवर्णिनि ॥ सुभगा
दर्शनीया च पुत्रवत्यपि भाविनी ॥ ६८ ॥ पौर्णमास्यां तु सततं प्राप्ते सोमोदयेऽङ्गना ॥ अर्घं दद्यात्सुमनसां साक्षतं सकुशं तथा ॥ ६९ ॥ यावकं
च बलिं दद्याद्दध्ना च सह संयुतम् ॥ एवं या कुरुते नित्यं सर्वान्कामानवाप्नुयात् ॥ ७० ॥ अदृष्ट्वा या तु नाश्नाति सूर्यं नारी पतिव्रता ॥ दुर्दिने
वाऽथवा व्यभ्रे सेष्टान्कामानवाप्नुयात् ॥ ७१ ॥ काञ्चनं शक्तितो दद्यात्सा विप्राय मनस्विनी ॥ सुभगा दर्शनीया च भवत्यमरवर्णिनी ॥ ७२ ॥

सुवर्णका सूर्य बनवाकर गोधूलिवेलामें वह स्वर्णसूर्य, पुष्प तथा फल आदि भक्ष्य वस्तु किसी महायशस्वी तथा दरिद्र ब्राह्मणको देना चाहिए। यह व्रतान्तका मुख्य कार्य है ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ जो स्त्रियाँ दिन भर भूखी रहकर रात्रिमें भोजन करती हैं, वे सुवर्णका चन्द्रमा तथा ग्रह-नक्षत्र आदि बनवाकर पूर्वोक्त रीतिसे ब्राह्मणको दें। प्रतिमाके साथ वस्त्र तथा नमक भी देना चाहिए ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ ऐसा करनेवाली स्त्री चन्द्रमाके समान स्निग्धशरीर, रूपवती, पुत्रवती तथा सौभाग्यवती होती है ॥ ६८ ॥ प्रति पूर्णिमाको जब चन्द्रदेव उदित हो जायँ, तब उन्हें कुश तथा अक्षतयुक्त पुष्पार्घ्य प्रदान करे ॥ ६९ ॥ इस व्रतमें दधिमिश्रित गेहूँकी लपसीकी बलि दी जाती है। जो स्त्री ऐसा करती है, उसकी कोई भी कामना अपूर्ण नहीं रह जाती ॥७०॥ जो स्त्रियाँ बिना सूर्यभगवानका दर्शन किये अन्न ग्रहण नहीं करतीं, उनकी सब इच्छायें पूर्ण हो जाती हैं। यदि दुर्दिन (बदली) उपस्थित होजानेके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कारण व्रतभङ्ग हो जाय तो यथाशक्ति सुवर्ण दान करके ब्राह्मणको दे देनेसे बाधा दूर हो जाती है। ऐसा करनेवाली स्त्रियाँ रूपवती, सौभाग्यवती तथा दिव्याङ्गना होकर संसारमें ख्याति प्राप्त करती हैं ॥ ७१ ॥ ७२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नागयणी' भाषाटीकायामेकाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८१ ॥

(व्रतविधानकी विवेचना) भगवती पार्वती बोलीं—हे देवी अरुन्धती! जो स्त्रियाँ इन व्रतोंको करके अपना सौन्दर्य बढ़ाना चाहती हैं, अब मैं उनके लिए विधि-विधान बताती हूँ। सुनिए—॥ १ ॥ जो स्त्रियाँ वर्षभर प्रत्येक कृष्णपक्षकी अष्टमीको शुद्ध आचार-विचारके साथ शुभ्र वस्त्र धारण करके गुरु और देवताका पूजन करती हुई निराहार तथा फलाहार करके दिन बिताती हैं और दूसरे दिन एक ब्राह्मणको भोजन कराके उसे चमरी गायका चमर, ध्वज तथा दक्षिणाके साथ मिष्टान्न दान देती हैं। उनके केश

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे व्रतकथनं नामैकाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८१ ॥

भगवत्युवाच ॥ निर्वेष्टव्यं शरीरं यैर्व्रतकैः पुण्यकैरपि ॥ अरुन्धति प्रवक्ष्यामि सहैताभिर्वरेण तु ॥ १ ॥ कृष्णाष्टमीं या क्षिपति स्याद्वा मूलफलाशिनी ॥ ब्राह्मणायैकमशनं स्वं दत्त्वा भर्तृदेवता ॥ २ ॥ शुक्लवस्त्रा शुभाचारा गुरुदैवतपूजका ॥ एवं संवत्सरं कृत्वा ततो दद्याद्वृद्धि-जातये ॥ ३ ॥ गोवालरज्जुसुकृतं चामरं च ध्वजं तथा ॥ दक्षिणापूर्णमिष्टान्नं शक्त्या वापि शुचिव्रते ॥ ४ ॥ ऊर्मिमन्तः स्वरालाग्राः श्रोणिदेशाव-लम्बिनः ॥ तस्या भवन्ति केशास्तु भक्तिमत्या हि भर्तरि ॥ ५ ॥ शिरो निर्वेष्टुकामा तु गोमयेन शिरः सती ॥ प्रक्षालयन्मलं धात्र्या बिल्वेन श्रीफलेन च ॥ ६ ॥ गोमूत्रं च सदा प्राश्यच्छिरःस्नानं च मिश्रयेत् ॥ कृष्णां चतुर्दशीं त्वेतत्कर्तव्यं वरवर्णिनि ॥ ७ ॥ भवत्यविधवा चैव सुभगा विज्वरा तथा ॥ शिरोरोगैर्नैव चास्याः शरीरमभितप्यते ॥ ८ ॥ दर्शनीयं ललाटं या कांक्षति स्त्री शुचिस्मिते ॥ तिथिं प्रतिपदं नित्यं सा क्षिपे-देकभोजना ॥ ९ ॥ पयसा च तथा श्रीमाद्यावत्संवत्सरो गतः ॥ ब्राह्मणस्य ततो दद्यात्पटं रूप्यमयं शुभम् ॥ १० ॥ ललाटं रूपसम्पन्नं प्राप्नोति स्त्री सुमध्यमा ॥ सततं स्त्री द्वितीयायां भ्रुवोरिच्छेत्सुरूपताम् ॥ ११ ॥ अनन्तरोपवासेन शाकभक्ताशना सती ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे ब्राह्मणं स्वस्ति

घुँघराले, वक्राग्र तथा नितम्ब भाग तक लटकनेवाले हो जाते हैं, जिससे वे पतिको विशेष प्रिय हो जाती हैं ॥ २–५ ॥ जो स्त्रियाँ इच्छानुसार मस्तक निर्माण करना चाहती हों, वे कृष्णपक्षकी चतुर्दशीको गोबर, आमला, बिल्व अथवा श्रीफलसे माथा मलकर धो डालें और गोमूत्रका आचमन करके सिरसे स्नान करें ॥ ६ ॥ ७ ॥ ऐसा करनेवाली स्त्रियाँ कभी विधवा नहीं होतीं। वे रूपवती तथा सन्तापरहित रहती हैं और उन्हें कभी किसी प्रकारका मस्तकसम्बन्धी रोग नहीं होता ॥ ८ ॥ जो महिलायें अपने ललाटको सुन्दर करना चाहती हों, वे प्रत्येक प्रतिपदा तिथिको केवल एक बार भोजन करके रहें ॥ ९ ॥ इस प्रकार सालभर केवल दुग्धान्नका भोजन करती हुई व्रतका पालन करें। तदनन्तर ब्राह्मणको चाँदीके तारका बना वस्त्र दान दें। ऐसा करनेवाली स्त्रियोंका ललाट रूपसम्पन्न हो जाता है। यदि भौंहें सुन्दर करनेकी अभिलाषा हो तो सालभर प्रत्येक प्रतिपदाको उपवास करके द्वितीयाको शाकाहार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करें। वर्ष पूर्ण होनेपर ब्राह्मण द्वारा स्वस्तिवाचन करायें ॥ १०-१२ ॥ तदनन्तर उन्हें पके फल, दक्षिणा, उर्द, लवण तथा घृतपात्र दान करके दे। ऐसा करनेवाली स्त्रियोंकी भौंहें सुन्दर हो जाती हैं ॥ १३ ॥ सुन्दर कान चाहनेवाली स्त्री सालभर प्रत्येक श्रवण नक्षत्रको केवल जौ भोजन करके रहे ॥ १४ ॥ संवत्सर पूर्ण होनेपर सोनेके दो कान बनवाये और उन्हें घृतमिश्रित दूधमें डालकर ब्राह्मणको दान दे दे ॥ १५ ॥ ललाटतक विस्तृत नासिकाकी इच्छुक स्त्री वर्षभर जबतक तिलोंके फूल न खिलें, तबतक एकान्तरा (एक दिन उपवास दूसरे दिन भोजन) व्रत करके तिलके पौधेको सींचे। उस सिंचित तिलके पौधोंमें जब फूल खिल जायँ तो वही पुष्प घीमें डालकर ब्राह्मणको दान दे दे ॥ १६ ॥ १७ ॥ जो स्त्री सुन्दर नेत्र चाहती हो, वह दुग्ध अथवा घृत भोजन करती हुई सालभर एकान्तरा व्रत करे ॥ १८ ॥ वर्ष पूर्ण होनेपर दूधमें कमलकी पंखुड़ियाँ डालकर दान करे। ऐसा करनेवाली स्त्रीके नेत्र

वाचयेत् ॥ १२ ॥ फलैः परिणतैः सौम्ये माषाणां दक्षिणान्वितैः ॥ लवणेन च भद्रं ते घृतपात्रेण चानघे ॥ १३ ॥ आत्मनः शोभनौ कर्णाविच्छती स्त्री सुमध्यमा ॥ नक्षत्रे श्रवणे प्राप्ते ध्रुवं भुञ्जीत यावकम् ॥ १४ ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे कर्णौ दद्याद्धिरण्मयौ ॥ घृते प्रक्षिप्य विप्राय वयसा सहिते शुभे ॥ १५ ॥ नासामिच्छेल्ललाटान्तामव्यङ्गां व्याधिवर्जिताम् ॥ तिलगुल्मं सदा सिञ्चेद्यावत्पुष्प्येद्धि रक्षितः ॥ १६ ॥ अनन्तरोपवासेन सेक्तव्यः सलिलैः सदा ॥ तस्मादवाप्य पुष्पाणि घृते प्रक्षिप्य दापयेत् ॥ १७ ॥ स्वक्षी भवेयमिति या स्त्री कांक्षत्यमृतोद्भवे ॥ अनन्तरं वै भुञ्जाना पयसाऽथ घृतेन वा ॥१८॥ ततः संवत्सरे पूर्णे पद्मपत्राणि मण्डिता ॥ तथैवोत्पलपत्राणि न्यसेत्क्षीरे शुचिस्मिते ॥१९॥ प्लवमानानि विप्राय ततो दद्यात्सती सति ॥ कृष्णसारसमानाक्षी तद्दत्त्वा भवति स्म वै ॥ २० ॥ इच्छेदोष्ठौ चारुरूपौ या स्त्री धर्मगुणान्विता ॥ सा मृन्मयेन तु पिबेदुदकं वत्सरं सती ॥ २१ ॥ अयाचितेन भुंजीत नवम्यां धर्मभागिनी ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे विद्रुमं दातुमर्हति ॥ २२ ॥ तेन बिम्बफलाभौष्ठी स्त्री भवत्येव शोभने ॥ सुभगाऽथ वपुःपुत्रधनाढ्या गोमती तथा ॥ २३ ॥ या चारुरूपानिच्छेत दन्तानमरवर्णिनि ॥ शुक्लाष्टमीं न साऽश्नीयाद्भक्तद्वय-मनिन्दिता ॥ २४ ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे दद्याद्रौप्यमयान्सती ॥ दन्तान्प्रक्षिप्य धर्मज्ञे पयस्यतिगुणोदिते ॥ २५ ॥ तेन सा जातिपुष्पाभान्दन्ता-न्प्राप्नोति सा सती ॥ सौभाग्यमपि चाप्नोति सपुत्रत्वं तथाऽनघे ॥२६॥ सर्वमेव मुखं कांतमिच्छेद्या रुचिरानने ॥ सा पूर्णमास्यां स्नात्वा तु प्राप्य

कृष्णसारमृगके नयनों जैसे सुन्दर हो जाते हैं ॥ १९ ॥ २० ॥ जो स्त्री होठोंको सुन्दर करना चाहती हो, वह सालभर प्रत्येक नवमीको मिट्टीके बर्तनमें जल पिये और बिना माँगे मिला अन्न खाय। संवत्सर पूर्ण होनेपर ब्राह्मणको मूँगेका दान दे ॥ २१ ॥ २२ ॥ ऐसा करनेवाली स्त्रीके होंठ बिम्बफल सदृश सुन्दर हो जाते हैं। वह सुन्दरी, वपुष्मती, पुत्रवती, धनाढ्या तथा भाग्यवती हो जाती है और उसके घर सदा गौ बँधी रहती है ॥ २३ ॥ सुन्दर दाँतकी इच्छुक स्त्री सालभर प्रत्येक शुक्लपक्षकी अष्टमीको उपवास करे ॥ २४ ॥ साल पूरा होने-पर चाँदीके दाँत बनवाकर तथा उसे दूधमें डालकर ब्राह्मणको दे दे ॥२५॥ ऐसा करनेवाली स्त्रीके दाँत जूही पुष्पके समान सुन्दर हो जाते हैं और वह पुत्रवती तथा भाग्यवती हो जाती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है ॥ २६ ॥ जो स्त्री मनोहर मुखकान्ति चाहती हो, वह सालभर प्रत्येक पूर्णिमाको स्नान करनेके बाद दूधमें जौकी खीर बनवाकर ब्राह्मणको दान दे और स्वयं भी वही खाय ॥ २७ ॥ २८ ॥ वर्ष पूर्ण होनेपर चाँदीका चन्द्रमा बनवाये और उसे प्रफुल्लित कमलपुष्पपर रखकर ब्राह्मणको दान दे दे और उससे स्वस्तिवाचन कराये। ऐसा करनेसे व्रतवती स्त्रीका मुख पूर्णचन्द्रके समान सुन्दर हो जाता है ॥ २९ ॥ जो स्त्री तालफल सदृश सुन्दर रतन चाहती हो, वह सालभर प्रत्येक दशमी तिथिको मौन रहकर बिना माँगे मिला अन्न भोजन करे। साल पूरा होनेपर सुवर्णके दो बेल बनवाये और दक्षिणाके साथ उन्हें किसी जितेन्द्रिय ब्राह्मणको दान दे दे ॥ ३० ॥ ३१ ॥ ऐसा करनेवाली स्त्रीका सौभाग्य असीम हो उठता है। उसे अनेक पुत्र प्राप्त होते हैं और उसके स्तन सदा उन्नत बने रहते हैं ॥ ३२ ॥ जो स्त्री कृशोदरी होना चाहती हो, वह वर्षभर केवल एक बार भोजन करके रहे और प्रत्येक पञ्चमी तिथिको

चन्द्रोदये शुभे ॥ २७ ॥ यावकं पयसा सिद्धं दत्त्वा विप्राय भामिनी ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे चन्द्रं रूप्यमयं शुभम् ॥ २८ ॥ पद्मे फुल्ले तु विन्यस्य ब्राह्मणान्स्वस्ति वाचयेत् ॥ पूर्णचन्द्रमुखी तेन दानेन स्त्री शुभा भवेत् ॥ २९ ॥ स्तनाविच्छति या नारी तृणराजफलोपमौ ॥ अयाचितं दशम्यां सा नित्यमश्नीत वाग्यता ॥३०॥ संवत्सरे ततः पूर्णे द्वे बिल्वे काञ्चने शुभे ॥ सदक्षिणे ब्राह्मणाय प्रयच्छति धृतात्मने ॥३१॥ सौभाग्यं परमाप्नोति बहुपुत्रांस्तथैव च ॥ सदोन्नतौ स्तनौ सा स्त्री बिभर्त्यमरवर्णिनि ॥ ३२ ॥ शातोदरत्वमिच्छन्ती क्षिपेदेकान्तभोजिनी ॥ पञ्चम्यां तत्र भोक्तव्यमन्नं तोयेन नित्यदा ॥३३॥ ततः संवत्सरे पूर्णे दद्याज्जातिलतां शुभे ॥ फुल्लां सदक्षिणां धन्ये ब्राह्मणाय धृतात्मने ॥ ३४ ॥ हस्ताविच्छति या नारी रूपयुक्तौ सुमध्यमे ॥ द्वादशीं सा क्षिपत्वेवं शाकैः सर्वैरनिन्दितैः ॥ ३५ ॥ संवत्सरे ततः प्राप्ते रौक्मे पद्मे ददातु सा ॥ ब्राह्मणायाभिरूपाय तथा पद्मद्वयं शुभे ॥ ३६ ॥ श्रोणीं विशालामन्विच्छेत्स्त्री क्षिपत्वेव सुव्रते ॥ त्रयोदशीमेकभक्तमश्नात्वेवमयाचितम् ॥ ३७ ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे लवणं संप्रयच्छतु ॥ प्रजापतिमुखाकारं कृत्वा तत्र वरानने ॥ ३८ ॥ काञ्चनं चैव दातव्यं तदाकारस्य सर्वदा ॥ अञ्जनेन च धर्मज्ञा शनकैरवचूर्णयेत् ॥ ३९ ॥ रत्नानि चैव पूर्णानि वासो रक्तं च दापयेत् ॥ तेन श्रोणीमभिमतां स्त्री सौम्ये प्रतिपद्यते ॥ ४० ॥ मधुरां वाचमिच्छन्ती वर्ज्जयेल्लवणं सती ॥ संवत्सरं वा मासं वा प्रयच्छेल्लवणं ततः ॥ ४१ ॥ सदक्षिणं ब्राह्मणाय परं माधुर्यमिच्छती ॥ शुकवाक्याच्छतगुणं भवत्यमरवर्णिनि

उपवास करे। साल पूरा होनेपर किसी जितेन्द्रिय ब्राह्मणको फूल खिली जूहीकी लता दक्षिणाके साथ दान दे तो उसकी कामना पूर्ण हो जाती है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ जो स्त्री सुन्दर हाथ चाहती हो, वह वर्षभर प्रत्येक द्वादशी तिथिको केवल शाकका भोजन करके रहे ॥ ३५ ॥ साल पूरा होनेपर किसी सुयोग्य ब्राह्मणको दो स्वर्णनिर्मित कमल तथा दो साधारण कमलपुष्प दान करके दे तो उसकी कामना पूर्ण हो जाती है ॥ ३६ ॥ जो स्त्री विस्तृत नितम्ब चाहती हो, वह वर्षभर प्रत्येक त्रयोदशी तिथिको अयाचित अन्न केवल एक बार भोजन करे। वर्षसमाप्तिपर सुवर्ण तथा लवणराशिके ऊपर ब्रह्माका मुख बनाकर अंजनसे उस मुखमें नेत्र निर्माण करे। तदनन्तर वह लवणराशि, सुवर्ण तथा लाल वस्त्र ब्राह्मणको दान दे दे। ऐसा करनेवाली स्त्रीका नितम्ब उसकी इच्छानुसार सुन्दर हो जाता है ॥ ३७–४० ॥ जो स्त्री मधुरभाषिणी होना चाहती हो, वह वर्ष या महीनेभर अलोना भोजन करे और ब्राह्मणको नित्य नमक तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दक्षिणा प्रदान करे। ऐसा करनेसे उस स्त्रीकी वाली सुग्गेकी बोलीसे भी सौगुनी मधुर हो जाती है ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ जो स्त्री अपने पैरके गुल्फप्रदेशको ऐसा सुन्दर करना चाहती हो कि वह सबको न दिखे तो वह वर्षभर प्रत्येक षष्ठी तिथिको जल मिलाकर अन्न भोजन करे। पैरसे अग्नि तथा ब्राह्मणका स्पर्श न करे। यदि दैवात् स्पर्श हो ही जाय तो तत्काल क्षमा प्रार्थना करती हुई उनको प्रणाम कर ले। पैरोंसे ही पैरोंको मलकर न धोये। धर्मपरायणा पतिव्रता स्त्रीका यह कर्तव्य है कि इन बातोंका सदा ध्यान रक्खे ॥४३–४५॥ तदनन्तर चाँदीके दो कच्छप बनवाकर उन्हें घृतमें डाल दे। फिर दोनों कच्छप तथा दो कमलपुष्प नीचे मुख करके किसी लाल वस्तु तथा सुवर्णके साथ दान करके ब्राह्मणको दे दे। ऐसा करनेसे उस स्त्रीकी कामना पूर्ण हो जाती है ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ जो स्त्री अपने सम्पूर्ण शरीरको सुन्दर बनाना चाहती हो, वह पतिव्रता स्त्री ऋतुके तीनों दिन उपवास करे। प्रत्येक कार्तिकी, आषाढ़ी, माघी तथा

॥ ४२ ॥ गूढगुल्फशिरौ पादाविच्छन्त्या सोमनन्दिनि ॥ षष्ठ्यां षष्ठ्यां वरारोहे भोक्तव्यं सलिलौदनम् ॥ ४३ ॥ अग्निर्वा ब्राह्मणो वाऽपि न स्प्रष्टव्यः पदा सदा॥ यदा पदा स्पृशेत्तं च वन्देत तपसाऽन्विते ॥ ४४ ॥ पादेन चैव पादौ न प्रक्षालयितुमर्हति ॥ एतैर्नित्यव्रतैर्युक्ता धर्मज्ञा पति-देवता ॥ ४५ ॥ कूर्मौ रूप्यमयौ दद्याद्ब्राह्मणाय पतिव्रते ॥ तौ वराय ब्राह्मणाय स्थापयित्वा घृतेऽनघे ॥ ४६ ॥ पद्मे चाधोमुखे कृत्वा दद्याद्वि-प्राय नन्दिनि ॥ रक्तैर्द्रव्यैर्मिश्रयित्वा काञ्चनेनाभ्यलंकृतौ ॥ ४७ ॥ सर्वमेव तु या गात्रमिच्छत्यतिमनोहरम् ॥ त्रिरात्रं पुष्पकाले सा करोतु पति-देवता ॥ ४८ ॥ कौमुद्यामथवा षष्ठ्यां माघ्यां चाश्वयुजे तथा ॥ मातरं पितरं चैव मन्यतेऽतिथिदैवतम् ॥ ४९ ॥ घृतं च नित्यं विप्रेभ्यो ददातु लवणं तथा ॥ संमार्जनं गृहे चैव करोतु पतिदेवता ॥५०॥ उपलेपनं च धर्मज्ञे बलिकर्म च मानिनि ॥ वाग्दुष्टा चैव मा शुभ्रे भवत्वात्मार्थपण्डिता ॥ ५१ ॥ पर्यश्नातु च सा कच्चिदपि शाक यशस्विनी ॥ बलिं सृजत्वतथ्यं च परित्यजतु भामिनि ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे व्रतकविधाने द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

उमोवाच ॥ बान्धवान्सुगुणानिच्छेदेकभक्तेन नित्यदा ॥ सप्तमीं सप्तमीं नित्यं क्षपेत्स्त्री पतिदेवता ॥ १ ॥ ततः संवत्सरे पूर्णे वृक्षं दद्याद्धि-रण्मयम् ॥ सदक्षिणं ब्राह्मणाय शुभबन्धुमती भवेत् ॥ २ ॥ करञ्जे दीपकं दद्यात्सदा या प्रमदा वरे ॥ पूर्णे संवत्सरे दद्यात्सौवर्णं दीपकं ततः ॥३॥

आश्विनी पूर्णिमाको माता-पिताकी अतिथिवत् सेवा-पूजा करे ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ नित्य ब्राह्मणोंको घृत तथा लवण दान दे। इसके अतिरिक्त वह प्रतिदिन अपने हाथसे घरमें झाड़ू लगावे, लिपाई-पुताई स्वयं करे और बलिकर्म भी अपने हाथसे करे। अपना कल्याण चाहनेवाली वह स्त्री कभी भी कटु भाषण न करे। शाक तकका भोजन त्याग दे और मिथ्याभाषण तो कदापि करे ही नहीं ॥ ५०–५२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

(उमाव्रत कथन-समाप्ति) पार्वती बोलीं—हे भगवती अरुन्धती! जो अपने परिवारको गुणी बनानेकी अभिलाषुक हो, वह स्त्री सालभर प्रत्येक सप्तमी तिथिको केवल एक बार भोजन करे ॥ १ ॥ वर्ष पूर्ण होनेपर ब्राह्मणको स्वर्णवृक्ष तथा दक्षिणा दे तो उस नारीकी इच्छानुसार उसके बन्धु-बान्धव सर्वगुणसम्पन्न हो जाते हैं ॥ २ ॥ जो स्त्री करंज वृक्षके नीचे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रखकर दीपदान करती है और वर्षसमाप्तिपर ब्राह्मणको सुवर्णका दीपक दान करके देती है ॥ ३ ॥ वह सबको प्रसन्न रखनेवाली, पतिप्रिया तथा पुत्रवती होती है और अपनी सौतोंके बीच दीपककी तरह देदीप्यमान होती रहती है ॥४॥ जो स्त्री घरके लोगोंके भोजन कर लेनेपर स्वयं भोजन करती, जो किसीको कष्ट नहीं देती, जिसकी किसी वासनामें आसक्ति नहीं होती, पति ही जिसका सर्वश्रेष्ठ देवता होता है, जो सदा मधुर भाषण करती है, जो सदा अपने सास-ससुरकी सेवामें सदा तत्पर रहती है और जो सदा धर्मनिष्ठ रहती है, ऐसी महिलाको किसी प्रकारके व्रत तथा उपवासकी कोई आवश्यकता नहीं रहती ॥५–७॥ हे देवी अरुन्धती ! दैवयोगसे जो स्त्री विधवा हो गयी हो, उसके लिए पुराणोंमें जिस प्रकारकी व्रतविधियाँ निर्दिष्ट की गयी हैं उन्हें बताती हूँ, सुनिए—॥८॥ जिस स्त्रीको पतिवियोग प्राप्त हो गया हो, वह विधवा पतिकी चित्रलिखित अथवा मृन्मयी मूर्ति बनाकर सज्जनोंके धर्मका स्मरण करती हुई सदा

रुच्या सा स्त्री भवेद्भर्तुरिष्टा पुत्रवती तथा ॥ सपत्नीनामधि तथा दीपवज्ज्वलते शुभे ॥ ४ ॥ या शेषभोजिनी नित्यं नैव च स्यादरुन्तुदा ॥ न च स्याद्व्यशना सौम्ये नित्यं च पतिदेवता ॥ ५ ॥ शौचान्विता च सततं न च रूक्षाभिभाषिणी ॥ श्वश्रूश्वशुरयोर्नित्यं शुश्रूषाभिरता सती ॥ ६ ॥ किं तस्या व्रतकैः कार्यं किं वा स्यादुपवासकैः ॥ या भर्तृदेवता नित्यं सत्यधर्मगुणान्विता ॥ ७ ॥ विधवा स्त्री तु या हि स्याद्दैवयोगात्सती सति ॥ तस्या वक्ष्यामि यो धर्मः पुराणोक्तः सुमध्यमे ॥ ८ ॥ पतिं संकल्पयित्वा सा चित्रस्थं वाऽथ मृन्मयम् ॥ तस्य पूजां सदा कुर्यात्सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ ९ ॥ तत एवाभ्यनुज्ञां सा नित्यं याचेत सुव्रता ॥ व्रतके चोपवासे च भोजने च विशेषतः ॥१०॥ भर्तृलोकान्व्रजत्येव न चेद्व्युच्चरते पतिम् ॥ शाण्डिली सूर्यवद्भाति सततं पतिदेवता ॥ ११ ॥ अद्यप्रभृति सर्वेषां देवानां चैव योषितः ॥ द्रक्ष्यन्ति पुण्यकविधिं पौराणो यः सनातनः ॥ १२ ॥ मुनिश्च नारदः कृत्स्नं पौराणं ज्ञास्यते विधिम् ॥ उपवासस्य धर्मात्मा व्रतकानां तथैव च ॥ १३ ॥ अदितिस्तपसेन्द्राणि त्वं च सोमसुते वरे ॥ प्रवर्तने पुण्यकानां व्रतकानां च सर्वदा ॥ १४ ॥ कीर्तनीयाः सतीनां हि भविष्यथ गुणान्विताः ॥ उपवासव्रतविधिं यथावदिह कृत्स्नशः ॥ १५ ॥ प्रादुर्भावेषु सर्वेषु भार्या विष्णोर्महात्मनः ॥ ज्ञास्यन्ति पुण्यकविधिं नित्यमेव सनातनम् ॥ १६ ॥ सविशेषं च धर्माणां स्त्रीधर्मेषु प्रशस्यते ॥ पतिभक्तिरदुष्टत्वमवाग्दुष्टत्वमेव च ॥१७॥ नारद उवाच ॥ एवमुक्तास्तु ताः साध्व्यो महादेव्या तपोधनाः ॥ जग्मुर्हृष्टा महादेवीं प्रणिपत्य हरप्रियाम् ॥१८॥

उसकी पूजा करती रहे ॥ ९ ॥ व्रत, उपवास तथा भोजन, सभी अवसरोंपर वह उस मूर्तिसे ही अनुमति लेकर कार्य करे ॥ १० ॥ ऐसा करनेसे वह भामिनी अपने पतिका लोक प्राप्त करती है । यह भी हो सकता है कि वह पतिके लोकको लाँघकर उससे भी ऊपरके लोकोंमें जा पहुँचे । ऐसी पतिप्राणा विधवा सूर्यके समान तेजस्विनी हो जाती है ॥ ११ ॥ भगवती पार्वती कहती हैं—हे देवी अरुन्धती ! व्रत तथा उपवासके उपलक्ष्यमें मैंने जो पौराणिक विधियाँ बतलायी हैं, उन्हें आजसे सभी देवाङ्गनायें तथा पुरातन महामुनि नारद जान जायँगे । अदिति, इन्द्राणी तथा आप सब स्त्रियाँ आजसे इन विधियोंकी प्रचारिका होंगी । आप ही सब पतिव्रता नारियोंको भलीभाँति व्रतविधिका उपदेश देंगी ॥ १२–१५ ॥ इसके अतिरिक्त भगवानके कृष्णादि सभी अवतारोंके विषयमें श्रीकृष्णकी पत्नियाँ विशेषरूपसे परिचित हो जायँगी ॥ १६ ॥ जो भी हो पतिभक्ति, मधुर भाषण और स्वभावकी सरलता ही अबलाओंका

७९

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वश्रेष्ठ धर्म है ॥ १७ ॥ नारदजी कहते हैं—हे हरिप्रिये ! भगवती पार्वतीके ऐसा कहनेपर अरुन्धती आदि सभी नारियाँ परम प्रसन्न हो तथा उन्हें प्रणाम करके अपने-अपने घर चली गयीं ॥ १८ ॥ तदनन्तर देवी अदितिके घर जाकर उन्होंने उसी प्रकार उमाके बताये व्रतका अनुष्ठान किया, जैसा कि अ.ो आपने किया है ॥ १९ ॥ देवमाता अदितिने महामुनि कश्यपको पारिजातवृक्षमें बाँधकर मुझे अर्पण कर दिया। धर्मपरायणा देवी सावित्रीने भी इसी प्रकार इस व्रतविधिका अनुष्ठान किया था। इस व्रतमें केवल यही विशेषता है कि सन्ध्याके समय स्थान-स्थानपर पूजा, नमस्कार तथा द्विगुणित जप किया जाता है ॥ २०–२२ ॥ अदितिव्रत तथा सावित्रीव्रतका परिपालन करनेसे पतिकुल, पितृकुल तथा आत्मा-तकका उद्धार हो जाता है ॥ २३ ॥ इन्द्राणीने जो व्रत किया था, वह उमाव्रतके ही अनुरूप था। केवल रक्तवस्त्र धारण तथा सामिप भोजनकी ही उसमें विशेषता थी ॥ २४ ॥

अदितिर्व्रतकं चक्रे शृणु यद्धर्मचारिणी ॥ उमाव्रतविधिः सर्वः पूर्वोद्दिष्टस्तया कृतः ॥ १९ ॥ पारिजाते निबध्याथ मम दत्तस्तु कश्यपः ॥ अदिति-
व्रतकं नाम तद्दत्तं सत्यभामया ॥ २० ॥ तदेव व्रतकं दत्तं सावित्र्या धर्मनित्यया ॥ तैरेव युक्तैः संयुक्तमिदं त्वभ्यधिकं कृतम् ॥ २१ ॥ संध्याकाले
तु संप्राप्ते स्थाने स्थाने तथैव च ॥ पूजनं वा नमस्कारो जपश्च द्विगुणः स्मृतः ॥२२॥ सावित्रीव्रतकं कृत्वा तथाऽदित्या व्रतं सती ॥ भर्तुः कुलं
पितृकुलमात्मानं चैव तारयेत् ॥२३॥ इन्द्राणी व्रतकं चक्रे तदेवौमं यथाविधि ॥ रक्तमभ्यधिकं वासो भोजनं चैव सामिषम् ॥ २४ ॥ चतुर्थे दिवसे
वाऽपि पुण्यकार्थं विधिः पुनः ॥ अहोरात्रोपवासश्च देयं कुम्भशतं तथा ॥२५॥ गङ्गया व्रतकं दत्तं तदेवौमं यशस्करि ॥ स्नानमभ्यधिकं त्वत्र प्रत्यू-
षस्यात्मनो जले ॥२६॥ अन्यस्मिन्वा जले माघशुक्लपक्षे हरिप्रिये ॥ एतद्गङ्गाव्रतं नाम सर्वकामप्रदं स्मृतम् ॥२७॥ सप्त सप्त च सप्ताथ-कुलानि
हरिवल्लभे ॥ स्त्री तारयति धर्मज्ञा गङ्गाव्रतकचारिणी ॥ २८ ॥ देयं कुम्भसहस्रं तु गङ्गाया व्रतके शुभे ॥ तारणं पारणं चैव तद्व्रतं सार्वकामिकम्
॥ २९ ॥ यमभार्या चकाराथ व्रतं यामरथं शुभम् ॥ हेमन्ते तत्तु कर्तव्यमाकाशे हरिवल्लभे ॥३०॥ इमानि चैव वाक्यानि ब्रूयादाकाशमास्थिता ॥
स्नात्वा शुचिसमाचारा नमस्कृत्य पतिं शुभे ॥ ३१ ॥ चराम्यहं यामरथं हिमं पृष्ठेन धारये ॥ पतिव्रता जीवपुत्रा भवेयं च पुरोऽधिका ॥ ३२ ॥ सप-

चौथे दिन अहोरात्र उपवास करके शतसंख्यक जलपूर्ण घटदान करना ही इस व्रतका मुख्य विधान है ॥ २५ ॥ देवी गंगाने जो व्रत किया था, वह भी उमाव्रतके ही अनुरूप था। केवल माघमासके शुक्लपक्षमें प्रातःकाल गंगाजल तथा अन्य जलसे स्नान करनेकी विशेषता थी। गंगाव्रतका पालन करनेसे इक्कीस पीढ़ी तकके पूर्वजोंका उद्धार हो जाता है ॥ २६–२८ ॥ इस व्रतमें एक सहस्र पूर्ण घटका दान दिया जाता है। इस व्रतके फलस्वरूप किसी प्रकारका दुःख नहीं रह जाता, बल्कि इसका पालन करनेवाली स्त्रीकी सब कामनायें पूर्ण हो जाती हैं। ॥ २९ ॥ यमभार्याने जिस व्रतका अनुष्ठान किया था, उसका नाम यामरथ व्रत है। हेमन्तकालमें खुली जगहपर इस व्रतका अनुष्ठान किया जाता है ॥ ३० ॥ स्नान करनेके बाद शुद्ध होकर किसी अनावृत स्थानमें खड़ी हो और पतिको नमस्कार करके यह कहना चाहिए—"मैं यामरथ व्रतका अनुष्ठान करके अपनी पीठपर हिमराशि धारण करती हूँ। इसलिए मैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पतिपरायणा तथा जीवितपुत्रिका होकर चिरकालतक अपनी सौतोंपर प्रभुता स्थापित रख सकूँ। मुझे कभी यमलोक न देखना पड़े और पति तथा पुत्रके साथ बहुत समयतक मैं सुखपूर्वक जीवन यापन कर सकूँ ॥ ३१–३३ ॥ अन्तमें मुझे पतिलोक प्राप्त हो। मैं यावज्जीवन सुन्दर वस्त्राभूषणसे अलंकृत, सर्वप्रिय, गुणवती तथा धनवती होकर जीवन बिता सकूँ" ॥ ३४ ॥ इस प्रकार व्रतका अनुष्ठान करके ब्राह्मणोंके हाथमें मधु तथा कृष्ण तिल देकर उन्हें खीर भोजन कराये ॥३५॥ हे हरिप्रिये ! पूर्वमें भगवती पार्वतीने जिस व्रतका उल्लेख किया था, उसे पूर्वोक्त सभी देवाङ्गनाओंने किया था ॥३६॥ मैं कहता हूँ कि मेरी तपस्याके प्रभावसे उमाकृत शुभफलप्रद अतिपावन उन पौराणिक व्रतोंका फल आप लोग प्रत्यक्ष देखेंगी ॥ ३७॥ ३८ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! तदनन्तर महारानी रुक्मिणीने अपनी दिव्य दृष्टिसे दर्शन करके उमाव्रतके अनुरूप सभी व्रतोंका अनुष्ठान किया ॥ ३९ ॥ इस व्रतमें केवल यह

त्नीरधितिष्ठेयं वश्येयं चैवं मा यमम् ॥ सभर्तृपुत्रा जीवेयं चिरं च सुखमेव च ॥ ३३ ॥ पतिलोकं च गच्छेयं नन्दिनी तथा ॥ सुचैला मृष्टहस्ता च स्वजनेष्टा गुणान्विता ॥ ३४ ॥ एवं कृत्वा ततो विप्रं मधुना स्वस्ति वाचयेत् ॥ तिलैरपि तथा कृष्णैः पायसेन तु भोजयेत् ॥ ३५॥ एवं व्रतानि देवीभिः कृतान्यमरवर्णिनि ॥ महादेव्या पुरोक्तानि रुद्रपत्न्या हरिप्रिये ॥ ३६ ॥ अहं ब्रवीमि तपसा मदीयेन समन्विता ॥ सर्वा प्रक्ष्यथ गुण्यानि व्रतकानि तथैव च ॥ ३७ ॥ पौराणान्युमया देव्या यानि दृष्टानि वै पुरा ॥ कल्याणगुणयुक्तानि पावनानि शुभानि च ॥ ३८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ रुक्मिणी व्रतकं चक्रे दृष्ट्वा व्रतकविस्तरम् ॥ उमाया वरदानेन दृष्ट्वा दिव्येन चक्षुषा ॥ ३९ ॥ उमाव्रतेषु सर्वेषु वृषदानं तथाधिकम् ॥ रत्नमालाप्रदानं च तथाऽन्नं सार्वकामिकम् ॥ ४० ॥ तथा जाम्बवती चक्रे पुरोमाव्रतकं यथा ॥ ददावभ्यधिकं सा तु रत्नवृक्षं मनोहरम् ॥ ४१ ॥ सत्या ददौ तथैवाथ पुरोमाव्रतकं यथा ॥ पीतमभ्यधिकं वासस्तया दत्तमुमाव्रते ॥ ४२ ॥ रोहिण्याऽथ च फाल्गुन्या मघया च पुरातने ॥ व्रतानि खलु दत्तानि बहूनि कुलवर्द्धन ॥४३॥ ददौ शतभिषा चैव व्रतकं पुण्यलक्षणम् ॥ येन नक्षत्रमुख्यत्वं जगाम कुरुनन्दन ॥४४॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पारिजातहरणे उमाव्रतकथनसमाप्तिः पारिजातहरणकथनसमाप्तिर्नाम त्र्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८३ ॥

जनमेजय उवाच ॥ वैशम्पायन धर्मज्ञ व्यासशिष्य तपोधन ॥ पारिजातस्य हरणे षट्पुरं परिकीर्तितम् ॥१॥ निवासोऽसुरमुख्यानां दारुणानां

विशेषता थी कि महारानी रुक्मिणीने वृषदान, रत्नमालादान और अन्नदान अधिक किया था ॥ ४० ॥ सत्यभामाने जिस प्रकार उमाव्रतका अनुष्ठान किया था, उसी प्रकार जाम्बवतीने भी किया। हाँ, इस व्रतमें उन्होंने रत्नवृक्ष और पीतवस्त्र अपेक्षाकृत अधिक दान किया ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ तदनन्तर रोहिणी, फाल्गुनी तथा मघाने भी विधिवत् उमाव्रतका अनुष्ठान करके बहुत-कुछ दान दिया ॥ ४३ ॥ हे महाराज ! शतभिषाने इस पुनीत व्रतका पालन करके सब नक्षत्रोंमें प्रधानपद प्राप्त कर लिया ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्र्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८३ ॥

(षट्पुरके वधका वृत्तान्त) इतनी कथा सुनकर महाराज जनमेजय बोले—हे तपोधन ! हे धर्मज्ञ व्यासशिष्य वैशम्पायन ! आपसे कोई बात छिपी नहीं है। पारिजातहरणके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कथाप्रसंगमें आपने षट्पुरका उल्लेख किया था ॥ १ ॥ अतएव अब आप षट्पुरनिवासी दुर्दान्त दानवों तथा अन्धकासुरके वधका वृत्तान्त बताइए ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—हे राजन् ! भगवान रुद्रदेव जब त्रिपुरासुरसे संग्राम करनेके लिए रणभूमिमें उतरे तो उस समय बहुतेरे दानव युद्धभूमिमें उपस्थित थे ॥ ३ ॥ किन्तु शंकर भगवानने त्रिपुरासुरके सिवाय और किसी दानवको अपने बाणाग्निसे नहीं भस्म किया। वहाँ उपस्थित दानवोंकी संख्या साठ लाखसे कम या अधिक नहीं थी ॥ ४ ॥ वे सब अपने बान्धव त्रिपुरासुरके वधजनित दुःखसे नितान्त दुःखित होकर साधुजनमनोहर तथा ऋषिसेवित जम्बूमार्गपर रहते और ब्रह्माजीकी स्तुति करते हुए केवल वायु पीकर ऊपर सूर्यकी ओर मुख किये एक हजार वर्षतक कठोर तप करते रहे ॥ ५ ॥ ६ ॥ उनमेंसे कुछ दानव गूलर वृक्षके नीचे, कुछ श्रृगालवाटी वृक्षतले और कुछ वटवृक्षके नीचे बैठकर वेदमन्त्रोंका उच्चारण करते हुए ब्रह्माजीकी आराधना

तपोधन ॥ तेषां वधं मुनिश्रेष्ठ कीर्तयस्वान्धकस्य च ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ त्रिपुरे निहते वीरे रुद्रेणाक्लिष्टकर्मणा ॥ तत्र प्रधाना बहवो बभूवुरसुरोत्तमाः ॥ ३ ॥ शराग्निना न दग्धास्ते रुद्रेण त्रिपुरालयाः ॥ षष्टिः शतसहस्राणि न न्यूनान्यधिकानि च ॥ ४ ॥ ते ज्ञातिवधसंतप्ताश्चक्रुर्वीराः पुरा तपः ॥ जम्बूमार्गे सतामिष्टे महर्षिगणसेविते ॥ ५ ॥ आदित्याभिमुखा वीराः सहस्राणां शतं समाः ॥ वायुभक्षा नृपश्रेष्ठ स्तुवन्तः पद्मसंभवम् ॥ ६ ॥ तेषामुदुम्बरं राजन्गण एकः समाश्रितः ॥ वृक्षं तत्रावसन्वीरास्ते कुर्वन्तो महत्तपः ॥ ७ ॥ कपित्थवृक्षमाश्रित्य केचित्तप्तोषिताः पुरा ॥ श्रृगालवाटीस्त्वपरे चेरुरुग्रं तथा तपः ॥ ८ ॥ वटमूले तथा चेरुस्तपः कौरवनन्दन ॥ अधीयन्तो परं ब्रह्म वटं गत्वाऽसुरात्मजाः ॥ ९ ॥ तेषां तुष्टः प्रजाकर्ता नरदेवपितामहः ॥ वरं दातुं सुरश्रेष्ठः प्राप्तो धर्मभृतां वरः ॥ १० ॥ वरं वरयतेत्युक्तास्ते राजन्पद्मयोनिना ॥ नेषुस्तद्वरदानं तु द्विषतस्त्र्यंबकं विभुम् ॥ ११ ॥ इच्छन्तोऽपचितं गन्तुं ज्ञानिनां कुरुनन्दन ॥ तानुवाच ततो ब्रह्मा सर्वज्ञः कुरुनन्दन ॥ १२ ॥ विश्वस्य जगतः कर्तुः संहर्तुश्च महात्मनः ॥ कः शक्तोऽपचितिं गन्तुं माऽस्तु वोऽत्र वृथा श्रमः ॥ १३ ॥ अनादिमध्यनिधनः सोमो देवो महेश्वरः ॥ तमासूय सुखं स्वर्गे वस्तुमिच्छन्ति ये सुराः ॥ १४ ॥ ते नेषुस्तत्र केचित्तु दुरात्मनो महासुराः ॥ अथेषुरपरे राजन्नसुरा भव्यभावनाः ॥ १५ ॥ नेषुर्ये सुदुरात्मानस्तानुवाच पितामहः ॥ वरयध्वं वरं वीरा रुद्रक्रोधमृधेऽसुराः ॥ १६ ॥ त ऊचुः सर्वदेवानामवध्याः स्याम हे विभो ॥ पुराणि षट्

करने लगे ॥ ७–९ ॥ तदनन्तर उनकी तपस्यासे परम प्रसन्न होकर ब्रह्माजी उन्हें वरदान देनेके लिए वहाँ जा पहुँचे ॥ १० ॥ उन्होंने कहा—'दानवगण ! मैं तुम्हारी तपश्चर्यासे बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव तुम लोग वर माँगो।' दानवोंने कहा—'भगवन् ! रुद्रदेवने हमारा बहुत बड़ा अपकार किया है। अतएव उनसे वैरका बदला लेकर अपने बान्धवोंसे उऋण होनेके सिवाय हमारी और कोई भी कामना नहीं है।' तत्काल ब्रह्माजीने कहा–'हे दानवगण ! महादेवजी इस विश्वके स्रष्टा और संहर्ता हैं। अतएव उनके प्रति भला हिंस्र व्यवहार कौन कर सकता है ? इस विषयमें तुम्हारा प्रयास व्यर्थ है ॥ ११–१३ ॥ हे महाराज ! जो दानव उन आदि-मध्य-अन्तहीन शंकरभगवानके विद्रोही होकर स्वर्गमें सुखपूर्वक निवास करना चाहते थे, वे ब्रह्माजीकी बातोंसे किसी तरह सहमत नहीं हुए। किन्तु जो शिवजीके प्रबल पराक्रमसे परिचित थे, वे सहमत हो गये। जो सहमत नहीं थे, उनको सम्बोधित करके ब्रह्माजीने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा—'हे दानवों ! तुमलोग शंकरजीके क्रोधको भड़कानेके अतिरिक्त दूसरा कोई वरदान माँग लो' ॥ १४–१६ ॥ उन दुरात्माओंने कहा—'हे भगवन् ! हमलोग यही चाहते हैं कि देवताओंके द्वारा हमारा वध न हो और हमारे लिए पृथिवीके नीचे छ पुरियोंका निर्माण हो जाय ॥ १७ ॥ हे विभो ! वे छहों पुरियाँ सर्वसमृद्धिसम्पन्न हों और हमलोग उन पुरियोंमें जाकर सुखपूर्वक रह सकें ॥ १८ ॥ शंकरभगवानने हमारे ज्ञातिबन्धुओंका विनाश किया है। विशेष करके त्रिपुरासुरका वध देखकर हम डर गये हैं। अतएव आप ऐसा कोई उपाय कर दीजिए कि जिससे हमें उनसे भयभीत न होना पड़े' ॥ १९ ॥ ब्रह्माजी बोले—हे असुरगण ! यदि तुमलोग सत्पथपर चलनेवाले और साधुसम्मानित ब्राह्मणोंको न सताओगे तो महादेवजी तथा अन्यान्य देवताओं द्वारा अवध्य हो जाओगे ॥२०॥ इसके विपरीत यदि मोहवश किसी प्रकार ब्राह्मणोंका अहित करोगे तो तुम्हारा मरण निश्चित है ॥२१॥ ब्राह्मणगण संसारकी परम गति हैं। अतएव उनका अनिष्ट करनेपर तुम्हें भगवान विष्णुका सदा भय बना रहेगा। क्योंकि भगवान नारायण सर्वथा सब जीवोंकी कल्याण-साधना करते रहते हैं ॥२२॥ इस

च नो देव भवन्त्वन्तर्महीतले ॥ १७ ॥ सर्वकामसमृद्धार्थं षट्पुरं चास्तु नः प्रभो ॥ वयं च षट्पुरं गत्वा वसेम च सुखं विभो ॥ १८ ॥ रुद्रादुग्रं भयं न स्याद्येन नो ज्ञातयो हताः ॥ निहतं त्रिपुरं दृष्ट्वा भीताः स्म तपसां निधे ॥ १९ ॥ पितामह उवाच ॥ असुरा भवतावध्या देवानां शङ्करस्य च ॥ न बाधिष्यथ चेद्विप्रान्सत्पथस्थान्सतां प्रियान् ॥ २० ॥ विप्रोपघातं मोहाच्चेत्करिष्यथ कथंचन ॥ नाशं यास्यथ विप्रा हि जगतः परमा गतिः ॥ २१ ॥ नारायणाद्बिभेतव्यं कुर्वद्भिर्ब्राह्मणाहितम् ॥ सर्वभूतेषु भगवान्हितं धत्ते जनार्दनः ॥ २२ ॥ ते गता असुरा राजन्ब्रह्मणा ये विसर्जिताः ॥ येऽपि भक्ता महादेवमसुरा धर्मचारिणः ॥ २३ ॥ स्वयं हि दर्शनं तेषां ददौ त्रिपुरनाशनः ॥ श्वेतं वृषभमारुह्य सोमः सप्रवरः प्रभुः ॥ उवाचेदं च भगवानसुरान्स सतां गतिः ॥ २४ ॥ वैरमुत्सृज्य दम्भं च हिंसां चासुरसत्तमाः ॥ मामेव चाश्रितास्तस्माद्वरं साधु ददामि वः ॥ २५ ॥ यैर्दीक्षिताः स्थ मुनिभिः सत्क्रियापरमैर्द्विजैः ॥ सह तैर्गम्यतां स्वर्गः प्रीतोऽहं वः सुकर्मणा ॥ २६ ॥ इह ये चैव वत्स्यन्ति तापसा ब्रह्मवादिनः ॥ अपि कापित्थिका वृत्ते तेषां लोको यथा मम ॥ २७ ॥ इह मासान्तपक्षान्तौ यः करिष्यति मानवः ॥ वानप्रस्थेन विधिना पूजयन्मां तपोधन ॥ २८ ॥ वर्षाणां स सहस्रं तु तपसां प्राप्स्यते फलम् ॥ कृत्वा त्रिरात्रं विधिवल्लप्स्यते चेप्सितां गतिम् ॥ २९ ॥ अर्कद्वीपे निवसतो द्विगुणं तद्भवि-

प्रकार वरदान देकर ब्रह्माजीने उन असुरोंको विदा कर दिया। उनमेंसे जो असुर शंकरजीके अनन्य भक्त थे, त्रिपुरारि शंकरभगवान श्वेतवर्णके बैलपर सवार होकर उनके सम्मुख स्वयं प्रकट हो गये। सज्जनोंके रक्षक शिवजीने उनसे कहा—हे असुरगण ! जब तुमने वैर, दम्भ और विद्वेष त्यागकर मेरा आश्रय लिया है तो मैं तुम्हें यह वरदान देता हूँ कि जिन सत्कर्मनिरत ब्राह्मणोंने तुम्हें सत्पथपर चलनेकी प्रेरणा दी है, उन्हीं विप्रोंके साथ तुम सब स्वर्गलोकमें जाकर निवास करो। मैं तुम्हारे सदाचारसे बहुत प्रसन्न हूँ ॥ २३–२६ ॥ जो लोग यहाँ इस कपित्थवृक्षके नीचे बैठकर तपस्या करेंगे, उन्हें मेरा सालोक्य प्राप्त होगा ॥२७॥ जो व्यक्ति वानप्रस्थधर्मके अनुसार अमावस्या तथा पूर्णिमाको यहाँ रहते हुए भक्तिपूर्वक मेरी पूजा करेगा, उसे हजार वर्ष तप करनेका फल प्राप्त होगा। इस स्थानपर नियमानुसार केवल तीन रात्रि मेरा पूजन करके प्राणी अभीष्ट मनोरथ प्राप्त कर लेता है ॥ २८ ॥ २९ ॥ अर्कद्वीपमें रहता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुआ जो व्यक्ति उपर्युक्त रीतिसे मेरा आराधन करता है, उसे यहाँकी अपेक्षा द्विगुणित फल मिलता है। किन्तु अन्य प्रदेशमें ऐसा करनेसे कुछ लाभ नहीं होता। यही मेरा तुम सबके लिए वरदान है ॥ ३० ॥ जो व्यक्ति 'श्वेतवाहन' नामसे मेरी पूजा करेगा, उसे कहीं किसी प्रकारका भय नहीं रह जायगा और उसे अन्तमें मेरा शिवलोक प्राप्त होगा ॥३१॥ जो उदुम्बर, अश्वत्थ, वट, कपित्थ तथा श्रृगालवाटी वृक्षकी जड़पर बैठे हुए ब्राह्मणका नियमानुसार विशेष रीतिसे पूजन करते हैं, वे अनायास अभिलषित लोकको गमन करते हैं ॥३२॥३३॥ ऐसा कहकर श्वेतवाहन शंकरभगवान उन असुरोंके साथ अपने रुद्रलोकको चले गये ॥ ३४ ॥ जो व्यक्ति 'मैं जम्बूमार्गको जाऊँगा या जम्बूमार्गमें निवास करूँगा' ऐसा संकल्प भर कर लेता है, उसको अन्तमें श्रीशंकरजीका शिवलोक प्राप्त होता है और वहाँ उसे सम्मान मिलता है ॥३५॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥८४॥

ष्यति ॥ न विदेशे च भद्रं वो वरमेतद्ददाम्यहम् ॥ ३० ॥ श्वेतवाहननामानं यश्च मां पूजयिष्यति ॥ सर्वतो भयचित्तोऽपि गतिं स मम यास्यति ॥ ३१ ॥ औदुम्बरान्वाटमूलान्द्विजान्कापित्थकानपि ॥ तथा श्रृगालवाटीयान्धर्मात्मानो दृढव्रतान् ॥ ३२ ॥ मुनींश्च ब्रह्मवाटीयान्सविशेषेण ये नराः ॥ पूजयिष्यन्ति सततं ते यास्यन्तीप्सितां गतिम् ॥ ३३ ॥ इत्युक्त्वाऽथ महादेवो भगवाञ्छ्वेतवाहनः ॥ तैरेव सहितः सर्वै रुद्रलोकं जगाम वै ॥ ३४ ॥ जम्बूमार्गं गमिष्यामि जम्बूमार्गे वसाम्यहम् ॥ एवं संकल्पमानोऽपि रुद्रलोके महीयते ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि षट्पुरवधे चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥ ८४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नेव काले तु चतुर्वेदषडङ्गवित् ॥ ब्राह्मणो याज्ञवल्क्यस्य शिष्यो धर्मगुणान्वितः ॥ १ ॥ ब्रह्मदत्तेति विख्यातो विप्रो वाजसनेयिवान् ॥ अश्वमेधः कृतस्तेन वसुदेवस्य धीमतः ॥ २ ॥ स संवत्सरदीक्षायां दीक्षितः षट्पुरालयः ॥ आवर्तायाः शुभे तीरे सुनद्या मुनिजुष्टया ॥ ३ ॥ सखा च वसुदेवस्य सहाध्यायी द्विजोत्तमः ॥ उपाध्यायश्च कौरव्य क्षीरहोता महात्मनः ॥ ४ ॥ वसुदेवस्तत्र यातो देवक्या सहितः प्रभो ॥ यजमानं षट्पुरस्थं यथा शक्रो बृहस्पतिम् ॥ ५ ॥ तत्सत्रं ब्रह्मदत्तस्य बह्वन्नं बहुदक्षिणम् ॥ उपासन्ति मुनिश्रेष्ठा महात्मानो दृढव्रताः ॥ ६ ॥ व्यासोऽहं याज्ञवल्क्यश्च सुमन्तुर्जैमिनिस्तथा ॥ धृतिमाञ्जाबलिश्चैव देवलाद्याश्च भारत ॥ ७ ॥ ऋद्ध्याऽनुरूपया युक्तं वसुदेवस्य

(भगवान कृष्णका षट्पुरप्रस्थान) वैशम्पायन बोले–हे महाराज ! उसी समय चतुर्वेद तथा षडङ्गवेत्ता महर्षि याज्ञवल्क्यके शिष्य वाजसनेयी विप्रवर ब्रह्मदत्त षट्पुरमें मुनिजनसेविता आवर्ता नदीके तटपर बुद्धिमान् वसुदेवके लिए संवत्सरव्यापी अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे ॥ १–३ ॥ क्योंकि वे वसुदेवके सहपाठी, उपाध्याय, अध्वर्यु तथा परम मित्र थे ॥ ४ ॥ अतएव जैसे इन्द्र देवगुरु बृहस्पतिके पास जाते हैं, उसी प्रकार देवकीके साथ वसुदेव यज्ञकी दीक्षा लिये हुए विप्रवर ब्रह्मदत्तके पास षट्पुर गये ॥ ५ ॥ ब्रह्मदत्तके उस यज्ञमें जिस प्रकार अन्न व्यय होता था, उसी प्रकार पुष्कल दक्षिणा भी दी जाती थी। बहुतेरे व्रतपरायण महात्मा और मुनिजन वहाँ उपस्थित थे ॥ ६ ॥ वहाँपर मैं (वैशम्पायन), वेदव्यास,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

याज्ञवल्क्य, सुमन्तु, जैमिनि, छागलि और देवल आदि अनेक मुनि पहुँचे हुए थे ॥ ७ ॥ धर्मपरायणा देवकी महात्मा वसुदेवके वैभवके अनुसार वहाँ गये हुए अभ्यागतोंकी इच्छायें पूर्ण कर रही थीं ॥८॥ इन सभी कार्योंमें वस्तुतः जगत्वर्ती श्रीकृष्ण भगवानकी महिमा ही बलवती होकर दृष्टिगोचर हो रही थी। यज्ञका काम बड़े ही सुन्दर ढङ्गसे चल रहा था। उसी समय षट्पुरवासी निकुम्भ आदि दैत्योंने वहाँ पहुँचकर अभिमानके साथ कहा--हे यजमान! तुम हमलोगोंके लिए यज्ञभाग नियत करो। हमलोग भी सोमरसका पान करेंगे। हमने सुना है कि ब्रह्मदत्तकी अनेक रूपवती कन्यायें हैं। उन सबको हमें सौंप देना होगा ॥९–११॥ इसके अतिरिक्त यहाँ जितने भी उत्कृष्ट रत्न हैं, वे सब भी हमको देने होंगे। नहीं तो हम कहे देते हैं कि यह यज्ञ तुमलोग पूर्ण नहीं कर सकोगे ॥१२॥ उनकी बातें सुनकर ब्रह्मदत्तने कहा—हे असुरसत्तम! वेदोंमें आप लोगोंके लिए यज्ञभाग नहीं नियत किया गया है। तब हम आप लोगोंके लिए किस तरह यज्ञभाग तथा सोमपानकी व्यवस्था कर सकते हैं? यहाँपर वेद तथा उसके भाष्यको जाननेवाले बहुतेरे मुनि विद्यमान हैं। आप उनसे पूछ लीजिए ॥१३॥१४॥

धीमतः ॥ यत्रेप्सितान्ददौ कामान्देवकी धर्मचारिणी ॥ ८ ॥ वासुदेवप्रभावेण जगत्स्रष्टुर्महीतले ॥ तस्मिन्सत्रे वर्तमाने दैत्याः षट्पुरवासिनः ॥ ९ ॥
निकुम्भाद्याः समागम्य तमूचुर्वरदर्पिताः ॥ कार्यतां यज्ञभागो नः सोमं पास्यामहे वयम् ॥ कन्याश्च ब्रह्मदत्तो नो यजमानः प्रयच्छतु ॥ १० ॥
बह्वयः सन्त्यस्य कन्याश्च रूपवत्यो महात्मनः ॥ आहूय ताः प्रदातव्याः सर्वथैव हि नः श्रुतम् ॥ ११ ॥ रत्नानि च ब्रह्मदत्तो विशिष्टानि ददातु
नः ॥ अन्यथा तु न यष्टव्यं वयमाज्ञापयामहे ॥ १२ ॥ एतच्छ्रुत्वा ब्रह्मदत्तस्तानुवाच महासुरान् ॥ यज्ञभागो न विहितः पुराणेऽसुरसत्तमाः ॥१३॥
कथं सत्रे सोमपानं शक्यं दातुं मया हि वः ॥ पृच्छतेह मुनिश्रेष्ठान्वेदभाष्यार्थकोविदान् ॥१४॥ कन्या हि मम या देयास्ताश्च संकल्पिता मया ॥
अन्तर्वेद्यां प्रदातव्याः सदृशानामसंशयम् ॥ १५ ॥ रत्नानि तु प्रयच्छामि सान्त्वेनाहं विचिन्त्यताम् ॥ बलान्नैव प्रदास्यामि देवकीपुत्रमाश्रितः
॥ १६ ॥ निकुम्भाद्यास्तु रुषिताः पापाः षट्पुरवासिनः ॥ यज्ञवाटं विलुलुपुर्जह्रुः कन्याश्च तास्तथा ॥ १७ ॥ तद्दृष्ट्वा संप्रवृत्तं तु दध्यावानकदु-
न्दुभिः ॥ वासुदेवं महात्मानं बलभद्रं गदं तथा ॥ १८ ॥ विदितार्थस्ततः कृष्णः प्रद्युम्नमिदमब्रवीत् ॥ गच्छ कन्यापरित्राणं कुरु पुत्राशु मायया
॥ १९ ॥ यावद्यादवसैन्येन षट्पुरं याम्यहं प्रभो ॥ स ययौ षट्पुरं वीरः पितुराज्ञाकरस्तदा ॥ २० ॥ निमेषान्तरमात्रेण गत्वा कामो महाबलः ॥

और फिर जो आप कन्यादानका आग्रह कर रहे हैं, सो उस विषयमें मैंने पहले ही यह निश्चय कर लिया है कि वे अन्तर्वेद प्रदेशमें अनुरूप वीरोंको दी जायँगी ॥ १५ ॥ तुम लोगोंने जो रत्नोंकी माँग की है, वह यदि शान्त रीतिसे लेना चाहो तो मैं देनेको सहमत हूँ, किन्तु भगवान कृष्णके आश्रित रहकर हम बलप्रयोगसे वह भी नहीं देंगे ॥ १६ ॥ उनकी बातसे चिढ़कर षट्पुरवासी निकुम्भादि पापी दैत्योंने यज्ञ भंग करके ब्रह्मदत्तकी कन्याओंका अपहरण कर लिया ॥ १७ ॥ ऐसी परिस्थितिमें वसुदेवने कृष्ण, बलराम और गदका स्मरण किया ॥१८॥ स्मरण करते ही भगवान कृष्णको वहाँकी स्थिति ज्ञात हो गयी और उन्होंने प्रद्युम्नसे कहा—वत्स! तुम शीघ्र षट्पुर जाकर अपनी मायाके बलसे ब्रह्मदत्तकी पुत्रियोंको बचाओ ॥१९॥ पिताके आज्ञाकारी महाबली प्रद्युम्नने कहा—पिताजी!, मैं शीघ्र यादवी सेना लेकर जा रहा हूँ। ऐसा कहकर वे तत्काल चल पड़े ॥२०॥ पलक मारते वहाँ पहुँचकर उन्होने उन दैत्योंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भायामयी कन्यायें देकर ब्रह्मदत्तकी पुत्रियोंको छीन लिया। इसके बाद महाबली प्रद्युम्नने देवकीसे कहा—आप डरें नहीं ॥ २१ ॥ २२ ॥ उधर उन मायामयी कन्याओंका अपहरण करके बड़ी प्रसन्नताके साथ दैत्य अपनी पुरीमें प्रविष्ट हुए ॥ २३ ॥ इधर यज्ञका जो कार्य बाकी रह गया था, वह विधि-विधानपूर्वक भलीभाँति सम्पन्न हो गया ॥ २४ ॥ उसी समय विप्रवर ब्रह्मदत्त द्वारा जो राजे निमन्त्रित हुए थे, वे सब एक साथ चारों ओरसे आ-आकर जुटने लगे ॥२५॥ जरासन्ध, दन्तवक्त्र, शिशुपाल, पाँचों पाण्डव, धृतराष्ट्रके सभी पुत्र, मालव-गण, रुक्मी, आहृति, नील, धर्म, विन्द, अनुविन्द, आवन्त्य, शल्य, शकुनि तथा अन्यान्य बहुतेरे महात्मा राजाओंने पहुँचकर षट्पुरके आस-पास अपना-अपना शिविर स्थापित कर लिया ॥ २६–२८ ॥ इधर देवर्षि नारदने उन सबको उपस्थित देखकर सोचा कि षट्पुर नगरमें सब राजे और यादव एकत्र हो गये हैं ॥२९॥ अतएव ऐसा कुछ करना चाहिए कि जिससे युद्ध

कन्यास्ता मायया धीमानुपजह्रे महाबलः ॥ २१ ॥ मायामयीश्च कृत्वाऽन्या न्यस्तवान्रुक्मिणीसुतः ॥ मा भैरिति च धर्मात्मा देवकीमुक्तवांस्तदा ॥ २२ ॥ मायामयीस्तो हृत्वा सुता ह्यस्य दुरासदाः ॥ षट्पुरं विविशुर्दैत्याः परितुष्टा नराधिप ॥ २३ ॥ कर्म चासार्यते तत्र विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ यद्विशिष्टं बहुगुणं तदभूच्च नराधिप ॥ २४ ॥ एतस्मिन्नन्तरे प्राप्ता राजानस्तत्र भारत ॥ सत्रे निमन्त्रिताः पूर्वं ब्रह्मदत्तेन धीमता ॥ २५ ॥ जरासन्धो दन्तवक्त्रः शिशुपालस्तथैव च ॥ पाण्डवा धार्तराष्ट्राश्च मालवाः सगणास्तथा ॥ २६ ॥ रुक्मी चैवाहृतिश्चैव नीलो वा धर्म एव च ॥ विन्दानुविन्दावावन्त्यौ शल्यः शकुनिरेव च ॥२७॥ राजानश्चापरे वीरा महात्मानो दृढायुधाः ॥ आवासिता नातिदूरे षट्पुरस्य च भारत ॥२८॥ तान्दृष्ट्वा नारदः श्रीमानचिन्तयदनिन्दितः ॥ क्षत्रस्य यादवानां च भविष्यति समागमः ॥ २९ ॥ अत्र हेतुरहं युद्धे तस्मात्तत्प्रयताम्यहम् ॥ एवं संचिन्तयित्वा स निकुम्भभवनं गतः ॥ ३० ॥ पूजितः स निकुम्भेन दानवैश्च तथाऽपरैः ॥ उपविष्टः स धर्मात्मा निकुम्भमिदमब्रवीत् ॥ ३१ ॥ कथं विरोधं यदुभिः कृत्वा स्वस्थैरिहास्यते ॥ यो ब्रह्मदत्तः स हरिः स हि तस्य विभुः सखा ॥ ३२ ॥ शतानि पञ्च भार्याणां ब्रह्मदत्तस्य धीमतः ॥ आनीता वसुदेवस्य सुतस्य प्रियकाम्यया ॥ ३३ ॥ शतद्वयं ब्राह्मणीनां राजन्यानां शतं तथा ॥ वैश्यानां शतमेकं च शूद्राणां शतमेव च ॥ ३४ ॥ ताभिः शुश्रूषितो धीमान्दुर्वासा धर्मवित्तमः ॥ तेन तासां वरो दत्तो मुनिना पुण्यकर्मणा ॥ ३५ ॥ एकैकस्तनयो राजन्नेकैका दुहिता तथा ॥ रूपेणानुपमाः सर्वा वरदानेन धीमतः ॥३६॥ कन्या भवन्ति तनयास्तस्यासुर पुनः पुनः ॥ सङ्गमे सङ्गमे वीर भर्तृभिः शयने सह ॥३७॥ सर्वपुष्प-

होने लगे। ऐसा विचार करके वे निकुम्भके घर जा पहुँचे ॥३०॥ निकुम्भ तथा अन्यान्य दानवोंने देवर्षिका समुचित स्वागत-सत्कार किया। धर्मात्मा नारदने आसनपर बैठकर निकुम्भ तथा अन्यान्य दानवोंसे कहा—॥ ३१ ॥ यादवोंसे विरोध करके तुम लोग क्यों निश्चिन्त बैठे हुए हो? ब्रह्मदत्त और कृष्णमें गाढ़ मित्रता है—वे दो शरीर एक प्राण हैं ॥३२॥ भगवान कृष्णकी कृपासे ब्रह्मदत्तको पाँच सौ स्त्रियाँ प्राप्त हुई हैं ॥ ३३ ॥ इन पाँच सौमेंसे दो सौ ब्राह्मणियाँ, सौ क्षत्राणियाँ, एक सौ वैश्यायें तथा सौ शूद्रायें हैं ॥ ३४ ॥ उन सब नारियोंने बुद्धिमान् और धर्मात्मा दुर्वासाकी सेवा की थी। इससे प्रसन्न होकर मुनिवर दुर्वासाने उन्हें यह वरदान दिया कि तुमलोग जितनी बार पतिसे सहवास करोगी, उतनी ही बार एक-एक पुत्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और एक-एक अलौकिक रूपवती कन्यायें उत्पन्न होती जायँगी ॥३५-३७॥ वे कन्यायें वराङ्गना, पुष्पगन्धा, स्थिरयौवना, पतिपरायणा एवं अप्सराओंके समान नृत्य-गीतमें निपुण होंगी ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ पुत्र भी रूपवान्, शास्त्रोंका अर्थ समझनेमें चतुर और अपने-अपने वर्णके अनुसार धर्मात्मा होंगे ॥ ४० ॥ हे दैत्यवर ! महात्मा ब्रह्मदत्तने दुर्वासाके वरसे प्राप्त उन अनुपम कन्याओंको यादवोंके हाथ सौंप दिया है । उनमेंसे केवल एक सौ शेष थीं, जिन्हें तुम हर लाये हो ॥ ४१ ॥ शेष कन्याओंके लिए तुम्हें यादवोंसे युद्ध करना चाहिए । अतएव इस समय तुम यहाँ आये हुए राजाओंसे मिलकर उनसे सहायता माँगो ॥४२॥ यदि ब्रह्मदत्तकी कन्याओंकी प्राप्तिके लिए रत्न आदि प्रदान करके भी उनसे सहायता मिल सके तो भी तुम्हें मुँह नहीं मोड़ना चाहिए ॥४३॥ अतएव यहाँ जितने भी राजे उपस्थित हैं, उनका यथेष्ट आतिथ्य-सत्कार करोगे तो वे अपने आप तुमसे आ मिलेंगे । हे महाराज ! नारदके ऐसा कहनेपर उन निकुम्भ

मयं गन्धं प्रस्रवन्ति वराङ्गनाः ॥ सर्वदा यौवने न्यस्ताः सर्वाश्चैव पतिव्रताः ॥३८॥ सर्वा गुणैरप्सरसां गीतनृत्यगुणोदयम् ॥ जानन्ति सर्वा दैतेय वरदानेन धीमतः ॥ ३९ ॥ पुत्राश्च रूपसंपन्नाः शास्त्रार्थकुशलास्तथा ॥ स्वे स्वे स्थिता वर्णधर्मे यथावदनुपूर्वशः ॥ ४० ॥ ताः कन्या भैममुख्यानां दत्ताः प्राणेन धीमता ॥ अवशेषं शतं त्वेकं यदानीतं किल त्वया ॥४१॥ तदर्थे यादवान्वीर योधयिष्यसि सर्वथा ॥ सहायार्थं तु राजानो व्रियन्तां हेतुपूर्वकम् ॥ ४२ ॥ ब्रह्मदत्तसुतार्थं च रत्नानि विविधानि च ॥ दीयन्तां भूमिपालानां सहायार्थं महात्मनाम् ॥ ४३ ॥ आतिथ्यं क्रियतां चैव ये समेष्यन्ति वै नृपाः ॥ एवमुक्ते तथा चक्रुरसुरास्तेऽतिहृष्टवत् ॥ ४४ ॥ लब्ध्वा पञ्चशतं कन्या रत्नानि विविधानि च ॥ यथार्हेण नरेन्द्रैस्ता विभक्ता भक्तवत्सलाः ॥ ४५ ॥ ऋते पाण्डुसुतान्वीरान्वारिता नारदेन ते ॥ निमेषान्तरमात्रेण तत्र गत्वा महात्मना ॥ ४६ ॥ तुष्टैस्तैरसुरा हुक्ता राजन्भूमिपसत्तमैः ॥ सर्वकामसमृद्धार्थैर्भवद्भिः खगमैः स्वयम् ॥ ४७ ॥ अर्चिताः स्म यथान्यायं क्षत्रं किं वः प्रयच्छतु ॥ क्षत्रं चार्चितपूर्वं हि दिव्यैर्वीरैर्भवद्विधैः ॥ ४८ ॥ निकुम्भोऽथाब्रवीद्धृष्टः क्षत्रं सुररिपुस्तदा ॥ अनुवर्णयित्वा क्षत्रस्य माहात्म्यं सत्यमेव च ॥ ४९ ॥ युद्धं नो रिपुभिः सार्द्धं भविष्यति नृपोत्तमाः ॥ साहाय्यं दातुमिच्छामो भवद्भिस्तत्र सर्वथा ॥ ५० ॥ एवमस्त्विति तानूचुः क्षत्रियाः क्षीणकिल्बिषाः ॥

आदि दानवोंने परम प्रसन्न होकर राजाओंको प्रचुर धन-रत्न तथा पाँच सौ कन्यायें भेंटस्वरूप अर्पण कीं । राजाओंने दानवोंसे प्राप्त धन-रत्न तथा कन्याओंका यथोचित विभाग करके परस्पर बाँट लिया ॥४४॥४५॥ केवल पाण्डवोंने इस कार्यमें उनका साथ नहीं दिया । क्योंकि निमेष भरके भीतर पहुँचकर उन्हें नारदजीने रोक दिया था ॥४६॥ उधर उन राजाओंने धन-रत्न तथा कन्याओंकी प्राप्तिसे अत्यधिक प्रसन्न होकर असुरोंसे कहा—हे असुरगण ! आप लोगोंके पास किसी वस्तुकी कमी नहीं है । आप देवताओंके तुल्य हैं ॥ ४७ ॥ आज हमारा जैसा आतिथ्य-सत्कार हुआ है, वैसी अभ्यर्थना कहीं भी नहीं हुई । अतएव अब हमारा क्षात्रधर्म आप लोगोंका कुछ उपकार करनेके लिए हमें बाध्य कर रहा है ॥४८॥ यह बात सुनकर देवरिपु निकुम्भने अत्यधिक प्रसन्न होकर क्षात्रधर्मकी प्रशंसा करते हुए कहा—॥ ४९ ॥ हे भूपालगण ! शीघ्र ही शत्रुओंके साथ हमारा युद्ध आरम्भ होगा । अतएव उस युद्धमें आप लोग ८०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वथा मेरी सहायता करियेगा ॥५०॥ पाण्डवोंको छोड़कर बाकी सब राजाओंने निकुम्भके कथनका समर्थन किया ॥५१॥ महात्मा ब्रह्मदत्तकी पत्नियाँ यद्यपि यज्ञशालामें उपस्थित थीं, फिर भी वे राजे युद्धके लिए प्रस्तुत हो गये ॥ ५२ ॥ इधर भगवान कृष्ण भी द्वारकाका राज्यभार आहुकको सौंपकर स्वयं अपनी सेनाके साथ षट्पुरकी ओर चल पड़े ॥ ५३ ॥ वहाँ पहुँचकर वे अपनी सेनाके साथ नगरमें प्रविष्ट हुए और नागरिकोंके कष्टकी सम्भावनावश वसुदेवके परामर्शसे यज्ञशालाके समीप ही उन्होंने अपना पड़ाव डाला ॥ ५४ ॥ शिविरके चारों ओर चौकियाँ स्थापित करके घेरा बना लिया गया और प्रद्युम्नको उनकी रक्षाका भार सौंपा गया । तदनुसार पूरी चौकसीके साथ देख-भाल करते हुए वे शिविरके चारों ओर घूमने लगे ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८५ ॥

पाण्डवेयानृते वीराञ्छ्रुतार्थान्नारदाद्विभो ॥ ५१ ॥ क्षत्रियाः सन्निविष्टास्ते युद्धार्थं कुरुनन्दन ॥ पत्न्यस्तु ब्रह्मदत्तस्य यज्ञवाटं गता अपि ॥ ५२ ॥ कृष्णोऽपि सेनया सार्द्धं प्रययौ षट्पुरं विभुः ॥ महादेवस्य वचनमुद्वहन्मनसा नृप ॥ ५३ ॥ स्थापयित्वा द्वारवत्यामाहुकं पार्थिवं तदा ॥ स तया सेनया सार्द्धं पौराणां हितकाम्यया ॥५४॥ यज्ञवाटस्याविदूरे देवो निर्विविशे विभुः ॥ देशे प्रवरकल्याणे वसुदेवप्रचोदितः ॥ ५५ ॥ दत्तगुल्मप्रतिसरं कृत्वा तं विधिवत्प्रभुः ॥ प्रद्युम्नमटने श्रीमान्रक्षार्थं विनियुज्य च ॥५६॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे कृष्णस्य षट्पुरगमने पञ्चाशीतितमोऽध्यायः ॥८५॥

वैशम्पायन उवाच ॥ मुहूर्ताभ्युदिते सूर्ये जनचक्षुषि निर्मले ॥ बलः कृष्णः सात्यकिश्च तार्क्ष्यमारुरुहुस्तदा ॥ १ ॥ बद्धगोधाङ्गुलित्राणा दंशिता युद्धकांक्षिणः ॥ बिल्वोदकेश्वरं देवं नमस्कृत्य सुरोत्तमम् ॥ २ ॥ आवर्ताया जले स्नात्वा रुद्रेण वरदत्तया ॥ गङ्गायाः कुरुशार्दूल रुद्रवाक्येन पुण्यया ॥ ३ ॥ प्रद्युम्नमग्रे सैन्यस्य वियति स्थाप्य मानदः ॥ रक्षार्थं यज्ञवाटस्य पाण्डवान्विनियुज्य च ॥ ४ ॥ शेषां सेनां गुहाद्वारि भगवान्विनियुज्य च ॥ जयन्तमथ सस्मार प्रवरं च सतां गतिः ॥ ५ ॥ तावापेततुरेवाथ स्वयं चापश्यतां तथा ॥ वियत्येव नियुक्तौ तौ प्रद्युम्न इव भारत ॥ ६ ॥ ततः कृष्णस्य वचनादाहतो रणदुन्दुभिः ॥ जलजा मुरजाश्चैव वाद्यान्येवापराणि च ॥ ७ ॥ मकरो रचितो व्यूहः साम्बेन च गदेन च ॥ सारणश्चोद्धवश्चैव भोजो वैतरणस्तथा ॥ ८॥ अनाधृष्टिश्च धर्मात्मा पृथुर्विपृथुरेव च ॥ कृतवर्मा च दंष्ट्रश्च विचक्षुररिमर्दनः ॥ ९ ॥ सनत्कुमारो

(षट्पुरके युद्धमें राजाओंका बन्दी बनना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! लोकलोचन भगवान सूर्यके उदय होते ही बलराम, कृष्ण और सात्यकि प्रभृति वीर अंगुलित्राण आदि बाँधकर युद्धकी अभिलाषासे गरुड़पर आरूढ़ होकर चल पड़े। तदनन्तर रुद्रदेवके वरदानसे गंगास्वरूपको प्राप्त आवर्ता नदीमें स्नान करके बिल्वोदकेश्वर शङ्करका दर्शन किया॥१–३॥ प्रद्युम्न सेनाके अग्रभागमें और पाण्डव यज्ञशालाकी रक्षाके लिए नियुक्त किये गये ॥ ४ ॥ शेष सेनाको गुफाके द्वारपर नियोजित करके भगवान कृष्णने इन्द्रपुत्र जयन्त तथा प्रवर नामके विप्रका स्मरण किया ॥ ५ ॥ स्मरण करते ही वे दोनों वीर भगवानके सम्मुख आ उपस्थित हुए । प्रद्युम्नके समान ही भगवानने उन्हें आकाशपथकी रक्षाके कार्यमें लगा दिया ॥ ६ ॥ तदनन्तर श्रीकृष्णके आदेशसे तत्काल चारों ओर दुन्दुभि तथा मुरज आदि बाजे बजने लगे ॥ ७ ॥ साम्ब और गदने मकरव्यूहकी रचना की । सारण, उद्धव, भोज, बैतरण, अनाधृष्टि,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धर्मात्मा पृथु, विपृथु, कृतवर्मा, सुदंष्ट्र, शत्रुनाशन और विचक्षु, ये लोग व्यूहके मध्यभागमें अवस्थित हुए ॥ ८ ॥ ९ ॥ धर्मात्मा सनत्कुमार तथा चारुदेष्ण ये दोनों अनिरुद्धकी सहायता प्राप्त करते हुए व्यूहके पृष्ठभागकी रक्षा करने लगे ॥ १० ॥ रथ, अश्व, गज और मनुष्यसमाकुल समस्त यादवी सेना उस मकरव्यूहके मध्य भागमें नियुक्त हुई ॥ ११ ॥ उधर रणभक्त दानवगण भी षट्पुरसे बाहर निकलने लगे। उनमें कुछ मेघके समान गर्जन करनेवाले गधोंपर, कुछ दानव हाथियोंपर, कुछ मगरपर, कोई शिशुमारपर, कोई घोड़ेपर, कोई महिषपर, कोई गैंड़ेपर, कोई दानव ऊँटपर, कोई कच्छपपर और कोई-कोई दानव रथपर सवार होकर नगरसे बाहर निकले। उन सबके हाथोंमें शस्त्र थे और सभीके मस्तकपर किरीट-मुकुट तथा भुजाओंमें अङ्गदादि आभूषण विद्यमान थे ॥ १२–१४ ॥ एक ओर तूर्यध्वनि, दूसरी ओर रथचक्रका घर्घर शब्द एवं अन्य दिशामें मेघगर्जनके समान भीषण शंखका शब्द सुनायी

धर्मात्मा चारुदेष्णश्च भारत ॥ अनिरुद्धसहायौ तौ पृष्ठानीकं ररक्षतुः ॥ १० ॥ शेषा यादवसेना तु व्यूहमध्ये व्यवस्थिता ॥ रथैरश्वैर्नरैर्नागैराकुला कुलवर्द्धन ॥ ११ ॥ षट्पुरादपि निष्क्रान्ता दानवा युद्धदुर्मदाः ॥ आरुह्य मेघनादांश्च गर्दभानपि हस्तिनः ॥१२॥ मकराञ्छिशुमारांश्च द्रुतानपि च भारत ॥ महिषानपि खड्गांश्च उष्ट्रानपि च कच्छपान् ॥ १३ ॥ एतैरेव रथैर्युक्ता विविधायुधपाणयः ॥ किरीटापीडमुकुटैरङ्गदैरपि मण्डिताः ॥ १४ ॥ नानर्दमानैर्विविधैस्तूर्यैर्नेमिस्वनाकुलैः ॥ प्रध्मायमानैः शङ्खैश्च महाम्बुदसमस्वनैः ॥१५॥ तासामसुरसेनानामुद्यतानां जनेश्वर ॥ निकुम्भो निर्ययावग्रे देवानामिव वासवः ॥ १६ ॥ भूमिं द्यां च ववृधिरे दानवास्ते बलोत्कटाः ॥ नदन्तो विविधान्नादान्क्ष्वेडन्तश्च पुनः पुनः ॥ १७ ॥ राजसेनाऽपि संयत्ता चेदिराजपुरोगमा ॥ असुराणां सहायार्थं निश्रिता जनमेजय ॥ १८ ॥ दुर्योधनं भ्रातृशतं चेदिराजानुजाग्रगम् ॥ स्थितं रथैर्नरव्याघ्र गन्धर्वनगरोपमैः ॥ १९ ॥ कठिना नादिनो वीरा द्रुपदस्यन्दनास्तथा ॥ रुक्मी चैवाहृतिश्चैव तस्थतुर्निश्चितौ रणे ॥ तालवृक्षप्रतीकाशे धुन्वानौ धनुषी शुभे ॥ २० ॥ शल्यश्च शकुनिश्चोभौ भगदत्तश्च पार्थिवः ॥ जरासन्धस्त्रिगर्तश्च विराटश्च सहोत्तरः ॥ २१ ॥ युद्धार्थमुद्यता वीरा निकुम्भाद्या जयैषिणः ॥ युयुत्समाना यदुभिर्देवैरिव महासुराः ॥ २२ ॥ ततो निकुम्भः समरे शरैराशीविषोपमैः ॥ ममर्द समरे सेनां भैमानां

देने लगा ॥ १५ ॥ तदनन्तर इन्द्र जिस तरह देवसेनाके आगे-आगे चलते हैं, उसी प्रकार दैत्यवर निकुम्भ युद्धके लिए उद्यत दैत्यसेनाके आगे-आगे चलने लगा ॥ १६ ॥ वे असाधारण बलवान् दैत्य विविध प्रकारकी गर्जनायें करते तथा शत्रुपक्षको ललकाते हुए सारी भूमि तथा आकाशमें फैल गये ॥ १७ ॥ हे महाराज जनमेजय! उधर चेदिराज प्रभृति राजे असुरोंके सहायतार्थ अपनी सेनाके साथ आगे बढ़े ॥ १८ ॥ दुर्योधनके सौ भाई गन्धर्वनगरके समान विशाल रथोंपर सवार होकर आगे-आगे चले ॥ १९ ॥ वीरोंका गर्जन तथा द्रुपदराजके रथके पहियोंका शब्द बड़ा भीषण लग रहा था। रुक्मी तथा आहृति ये दोनों वीर युद्धका कठोर निश्चय करके तालवृक्षके समान विशाल अपने-अपने धनुषका टंकोर करने लगे ॥ २० ॥ शल्य, शकुनी, भगदत्त, जरासंध, त्रिगर्त, विराट और उत्तर, ये सब वीर निकुम्भकी ओरसे लड़नेको तैयार हो गये। तब असुरगण देवताओंके तुल्य यादवोंसे युद्धदानकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रार्थना करने लगे ॥ २१ ॥ २२ ॥ तदनन्तर दैत्यवर निकुम्भ समरभूमिमें आगे बढ़ और सर्पोंके समान भीषण बाण चलाकर भयानक यादवी सेनाका मर्दन करने लगा ॥ २३ ॥ इधर यादवसेनापति अनाधृष्टि निकुम्भकी बाणवर्षाको असह्य समझकर विचित्र पुंखसे सुशोभित तीक्ष्ण बाणोंकी झड़ी लगाकर निकुम्भके सैनिकोंको धराशायी करने लगा ॥ २४ ॥ अनाधृष्टिकी बाणवर्षासे रथ, अश्व, ध्वज और स्वयं वीर निकुम्भ ढँक गया। उस समय कुछ भी नहीं दिखायी देता था ॥ २५ ॥ तब मायावी दानव निकुम्भने अपनी मायाके बलसे अनाधृष्टिको अचेत कर दिया ॥ २६ ॥ इसके बाद वह मायाबलसे अलक्षित रहता हुआ अनाधृष्टिको अपने षट्पुरकी कन्दरामें उठा ले गया। वहाँ उसे बन्द करके वह फिर रणभूमिमें आ धमका और कृतवर्मा, चारुदेष्ण, वैतरण, सनत्कुमार, ऋक्षपुत्र, निशठ, उन्मुक तथा अन्यान्य यादवोंको अपने मायाबलसे अचेत कर-करके कन्दरामें बन्द करने लगा ॥ २७–२९ ॥ इस प्रकार

भीमदर्शनाम् ॥ २३ ॥ सेनापतिरनाधृष्टिर्ममृषे तत्र यादवः ॥ ममर्द घोरैर्बाणौघैश्चित्रपुङ्खैः शिलाशितैः ॥२४॥ न रथोऽसुरमुख्यस्य ददृशे न च वाजिनः ॥ न ध्वजो न निकुम्भस्तु सर्वे बाणाभिसंवृताः ॥ २५ ॥ स परीत्य ततो वीरो निकुम्भो मायिनां वरः ॥ अस्तम्भयदनाधृष्टिं मायया भैमसत्तमम् ॥ २६ ॥ स्तम्भयित्वाऽनयद्वीरं गुहां षट्पुरसंज्ञिताम् ॥ रुद्ध्वा चाभ्यगमद्वीरो मायाबलमुपाश्रितः ॥२७॥ पुनरेव निकुम्भस्तु कृतवर्माणमाहवे ॥ अनयच्चारुदेष्णं च भोजं वैतरणं तथा ॥ २८ ॥ सनत्कुमारमृक्षं च तथैव निशठोल्मुकौ ॥ बहूँश्चैवापरान्भोजान्मायाबलसमाश्रितः ॥ २९ ॥ न तस्य ददृशे देहो मायाच्छन्नो जनेश्वर ॥ नयतो यादवान्घोरान्गुहां षट्पुरसंज्ञिताम् ॥३०॥ तद्दृष्ट्वा कदनं घोरं भैमानां भयवर्द्धनः ॥ चुकोप भगवान्कृष्णो बलः सत्यक एव च ॥ ३१ ॥ सविशेषं तथा कामः साम्बश्च परवीरहा ॥ अनिरुद्धश्च दुर्धर्षो भैमाश्च बहवोऽपरे ॥ ३२ ॥ ततः शार्ङ्गायुधः शार्ङ्गं कृत्वा सज्यं नरेश्वर ॥ दानवेषु प्रवृत्तेषु तृणेष्विव हुताशनः ॥३३॥ तं दृष्ट्वा दानवा देवमभिदुद्रुवुरीश्वरम् ॥ शलभाः कालपाशार्ताः प्रदीप्तमिव पावकम् ॥ ३४ ॥ समुत्सृज्य शतघ्नीश्च परिघांश्च सहस्रशः ॥ शूलानि चाग्नितुल्यानि प्रदीप्तांश्च परश्वधान् ॥ ३५ ॥ पर्वताग्राणि वृक्षाँश्च घोराश्च विपुलाः शिलाः ॥ उत्क्षिप्य च गजान्मत्तान्रथानपि हयानपि ॥ ३६ ॥ नारायणाग्निस्तान्सर्वान्ददाह प्रहसन्निव ॥ बाणार्चिषा महातेजा जगद्धितकरो हरिः ॥ ३७ ॥ शारदं वर्षणं यद्वत्सेहे धीरो गवां पतिः ॥ तद्वद्यदुवृषः सेहे बाणवर्षमरिन्दमः ॥३८॥ न सेहिरेऽसुरा

वह धीरे-धीरे यादवोंको गुफाके भीतर ले जाने लगा, किन्तु कोई भी उसके शरीरको नहीं देख सका। क्योंकि वह मायाबलसे अपने आपको छिपाये हुए था ॥ ३० ॥ यादवसेनाकी ऐसी भीषण दुर्दशा देखकर भगवान कृष्ण, बलदेव, सात्यकि, प्रद्युम्न, साम्ब तथा अन्यान्य यादव अत्यन्त कुपित हो गये ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ तदनन्तर भगवान अपने धनुषपर डोरी चढ़ाकर तृणमध्यगत अग्निके समान दानवोंके बीच विचरने लगे ॥३३॥ जिस तरह मरणासन्न फतिंगे प्रदीप्त अग्निकी ओर दौड़ते हैं, उसी प्रकार वे दानव भगवानको देखते ही उनकी ओर दौड़ पड़े ॥ ३४ ॥ तभी वे दानव अग्निशिखातुल्य शूल, प्रदीप्त परशु, पर्वतशृङ्ग और विपुल मात्रामें पत्थर फेंक-फेंककर विपक्षी दलके अश्व, रथ तथा हाथियोंको विदलित करने लगे ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ जिस प्रकार साँड़ वर्षाकालीन जलधारा सहन करता है, उसी प्रकार वे शत्रुपक्षकी बाणधारा सहन करने लगे। किन्तु भगवानके द्वारा की हुई बाणवर्षा दैत्योंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

असह्य हो उठी। जिस प्रकार मेघकी वर्षासे बालूका सेतु ढह जाता है, उसी तरह वे दैत्य विलीन होने लगे ॥ ३७–३९ ॥ जैसे मुँह फैलाये हुए सिंहके समक्ष वृषभगण नहीं टिक पाते, उसी प्रकार दानवोंको भगवानके सम्मुख खड़े रहना कठिन हो गया ॥ ४० ॥ तब वे प्राण जानेके भयसे नितान्त कातर होकर जीवनरक्षाके निमित्त आकाशपथमें उड़ने लगे ॥ ४१ ॥ वहाँ भी उनका निस्तार नहीं हो सका। क्योंकि आकाशपथमें इन्द्रतनय जयन्त तथा प्रवर विद्यमान थे। हे महाराज! वे दोनों तत्काल अग्निशिखा सदृश बाणोंकी वर्षा करके उन दानवोंका विनाश करने लगे ॥ ४२ ॥ तालवृक्षके शिखरसे गिरते हुए तालफलोंके समान दानवोंके मस्तक कट-कटकर भूमिपर गिरने लगे ॥ ४३ ॥ कटे हुए हाथोंके गिरनेसे ऐसा लगा कि मानो कालवश मरे हुए पाँच मुखके सर्प भूतलपर गिर रहे हैं ॥ ४४ ॥ इधर रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न अदृश्यानिर्गम, घोरतर तथा मायामयी कन्दराका निर्माण करके अपने विपक्षी

बाणान्नारायणधनुश्च्युतान् ॥ वर्षं पर्जन्यविहितं वालुकासेतवो यथा ॥३९॥ न शेकुः प्रमुखे स्थातुं कृष्णस्यासुरसत्तमाः ॥ व्यादितास्यस्य सिंहस्य
वृषभा इव भारत ॥ ४० ॥ ते वध्यमानाः कृष्णेन दिवमाचक्रमुस्तदा ॥ जीविताशां वहन्तस्तु नारायणभयार्दिताः ॥ ४१ ॥ तानाकाशगतानैन्द्रि-
र्जयन्तः प्रवरस्तथा ॥ निजघ्नतुः शरैर्घोरैर्ज्वलिताग्निसमैः प्रभो ॥ ४२ ॥ निपेतुरसुराणां तु शिरांसि धरणीतले ॥ तृणराजफलानीव मुक्तानि शिख-
रात्तरोः ॥ ४३ ॥ निपेतुर्बाहवश्छिन्ना दैत्यानां वसुधातले ॥ कालेनोपहता वीराः पञ्चवक्त्रा इवोरगाः ॥४४॥ रौक्मिणेयस्ततः सृष्ट्वा घोरां माया-
मयीं गुहाम् ॥ अदृश्यनिष्क्रमं वीरः क्षत्रं प्रक्षेप्तुमुद्यतः ॥ ४५ ॥ गदेन सह धर्मात्मा सारणेन सुतेन च ॥ साम्बेन चापरैश्चापि पूर्वं येन प्रवेशिताः
॥ ४६ ॥ प्रमथ्य तरसा कर्णं पतन्तं रणमूर्द्धनि ॥ जग्राह बलवान्कार्ष्णिः प्रस्फुरन्तं ततस्ततः ॥ ४७ ॥ विनद्य च गुहां वीरो घोरां मायामयीं
नृप ॥ दुर्योधनं च राजानं विराटद्रुपदावपि ॥४८॥ शकुनिं चैव शल्यं च नीलं चापि नदीसुतम् ॥ विन्दानुविन्दौ राजानौ जरासन्धं च भारत
॥४९॥ त्रिगर्तान्मालवांश्चैव वासन्त्यांश्च महाबलान् ॥ धृष्टद्युम्नादिकांश्चैव पञ्चालानस्त्रकोविदान् ॥ ५० ॥ तथाहूतिमुवाचेदं मातुलं रुक्मिमेव च ॥
शिशुपालं च राजानं भगदत्तं च भारत ॥ ५१ ॥ संबन्धं च गुरुत्वं च मानयामि नराधिपाः ॥ गुहामिमां घोररूपां यत्र प्रक्षेपयामि वः ॥ ५२ ॥
बिल्वोदकेश्वरेणाहमाज्ञप्तः शूलपाणिना ॥ प्रक्षेप्तव्या नरेन्द्रास्ते गुहायामिति धीमता ॥५३॥ आश्रित्य शाम्बरीं मायां निकुम्भेन महात्मना ॥ प्रक्षि-

राजाओंको उसीमें रुद्ध करनेको उद्यत हो गये ॥ ४५ ॥ इसके पहले ही गद, सारण, साम्ब तथा अन्यान्य यादवगण प्रद्युम्न द्वारा निर्मित कन्दरामें सुरक्षित थे ॥ ४६ ॥ तदनन्तर प्रद्युम्नने उस मायामयी गुफाको प्रतिध्वनित करके संग्राममें तत्पर कर्ण, राजा दुर्योधन, विराट, द्रुपद, शकुनी, शल्य, नील, भीष्म, अवन्तिनरेश, विन्द-अनुविन्द, जरासन्ध, त्रिगर्तगण, मालवगण, वासन्त्यगण, धृष्टद्युम्न, पांचालगण, आह्वृति, मातुल रुक्मी, शिशुपाल तथा भगदत्तने कहा—॥ ४७–५१ ॥ हे राजाओं! केवल सम्बन्ध तथा बड़प्पनका ध्यान करके मैं रुका हुआ हूँ। नहीं तो जब भगवान बिल्वोदकेश्वरकी अनुमति मिली थी, तभी मैं आप लोगोंको इस कन्दरामें बन्द कर देता ॥ ५२ ॥ मुझसे शूलपाणि बिल्वोदकेश्वर भगवानने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा है कि इन राजाओंको इसी कन्दरामें फेंक दो ॥ ५३ ॥ महात्मा निकुम्भने शाम्बरी मायाकी सहायतासे जिन-जिन यादवोंको गुफामें बन्द कर रक्खा है, उनका उद्धार मैं अभी करता हूँ ॥ ५४ ॥ हे महाराज ! प्रद्युम्नके ऐसा कहते ही क्षत्रियपक्षका सेनापति शिशुपाल अपनी भीषण बाणवर्षासे समस्त यादवों और विशेषकर प्रद्युम्नको पीड़ित करने लगा ॥ ५५ ॥ इधर प्रद्युम्न भी देवादिदेव बिल्वोदकेश्वर भगवानको नमस्कार करके शिशुपालका बाँधनेके लिए उद्यत हो गये ॥ ५६ ॥ उसी समय शंकर भगवानके प्रधान पार्षद नन्दी हजारों पाशास्त्र हाथमें लिये वहाँ आ उपस्थित हुए और प्रद्युम्नसे कहने लगे—॥ ५७ ॥ हे यदुनन्दन ! देवदेव बिल्वोदकेश्वर भगवानने कहा है कि गत रात्रिको मैंने जैसे कहा है, उसी योजनाके अनुसार कार्य करते हुए आप कन्या तथा रत्नके लोलुप इन राजाओंको इन्हीं पाशास्त्रोंसे बाँध लीजिए। इनकी मुक्ति आपकी इच्छापर निर्भर रहेगी ॥ ५८ ॥ ५९ ॥

तान् यादवांश्चैव मोक्षयिष्यामि सर्वथा ॥ ५४ ॥ इत्युक्तः शिशुपालस्तु राजा सेनापतिस्तथा ॥ शरैस्ततर्द तान्भैमान्प्रद्युम्नं च विशेषतः ॥ ५५ ॥
बिल्वोदकेश्वरं देवं रौक्मिणेयो नमस्य च ॥ आरभन्नृपतिं बद्धुं शिशुपालं महाबलम् ॥ ५६ ॥ ततः पाशसहस्राणि जग्राह प्रवरोत्तमः ॥ शैलादि-
रब्रवीद्वीरं रौक्मिणेयं महाबलम् ॥ ५७ ॥ बिल्वोदकेश्वरो देवः प्राह त्वां यदुनन्दन ॥ सर्वं कुरु तथा रात्र्यां चोक्तस्त्वं भो यथा मया ॥ ५८ ॥
कन्यार्थं रत्नलुब्धांस्तु बद्ध्वा चेमान्नराधिपान् ॥ पाशैस्त्वमेव मोक्तुं च प्रमाणं यदुनन्दन ॥ ५९ ॥ असुरांस्तु महाबाहो निःशेषान्कर्तुमर्हसि ॥
एवमेव च वक्तव्यस्त्वया वीर जनार्दन ॥ ६० ॥ ततः स भगदत्तं च शिशुपालं च भूमिप ॥ आहृतिं चैव रुक्मिं च शेषांश्चान्यान्नराधिपान्
॥ ६१ ॥ बबन्ध हरदत्तैस्तैः पाशैरुत्तमवीर्यधृक् ॥ मायामयीं गुहां चैवमानयत्कुरुनन्दन ॥६२॥ बद्ध्वा च रौक्मिणेयोऽथ निःश्वसन्त इवोरगान् ॥
अनिरुद्धं चकाराथ रक्षितारं स्वमात्मजम् ॥ ६३ ॥ तेषां निरवशेषेण बबन्ध यदुनन्दनः ॥ सेनापतीन्क्षत्रियांश्च कोशाध्यक्षांश्च भारत ॥ ६४ ॥
हस्त्यश्वरथवृन्दांश्च चकार च तथात्मसात् ॥ अव्यग्रस्तु ततो हन्तुमसुरानुद्यतः प्रभो ॥ ६५ ॥ सन्नद्ध एव चोवाच ब्रह्मदत्तं द्विजोत्तमम् ॥ विस्रब्धं
वर्ततां कर्म मा भैः पश्य धनञ्जयम् ॥ ६६ ॥ न देवेभ्यो नासुरेभ्यो नागेभ्यो द्विजसत्तम ॥ भयं हि विद्यते तस्य गोप्तारो यस्य पाण्डवाः ॥ ६७ ॥

भगवान कृष्णको भी उन्होंने यह सन्देश देनेके लिए कहा है कि वे शीघ्र असुरोंका विनाश करें ॥ ६० ॥ तदनन्तर परम पराक्रमी प्रद्युम्नने शंकरजीका भेजा हुआ पाशास्त्र ले लिया और उसीसे भगदत्त, शिशुपाल, आहृति, रुक्मी तथा अन्यान्य नरेशोंको बाँध लिया। इस प्रकार बाँधकर फुफकार छोड़नेवाले सर्पोंकी तरह क्रुद्ध उन राजाओंको उसी मायामयी कन्दरामें बन्द कर दिया। तदनन्तर प्रद्युम्नने अपने पुत्र अनिरुद्धको उनकी रक्षाके कार्यपर नियुक्त करके स्वयं सेनापति, सैनिक, कोषाध्यक्ष, हाथी, घोड़े तथा रथ आदि उन राजाओंके समस्त ऐश्वर्यपर अधिकार कर लिया। इसके बाद वे उन असुरोंका संहार करनेको आगे बढ़े ॥ ६१–६५ ॥ उनके भी पहले उसी सैनिकवेशमें द्विजवर ब्रह्मदत्तके पास जाकर उन्होंने कहा—ब्रह्मन् ! जब कि धनंजय (अर्जुन) आपके सम्मुख उपस्थित हैं, तब आप किसी बातकी आशंका न करते हुए अपना कार्य करिए ॥ ६६ ॥ हे द्विजसत्तम ! पाण्डवगण जिसकी रक्षाके लिए नियुक्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो, उसे देवता, दैत्य, नाग आदिमें किसीसे भी नहीं डरना चाहिए ॥ ६७ ॥ असुरगण आपकी कन्याओंका स्पर्श भी नहीं कर सकते । यज्ञभूमिमें उन कन्याओंको देखते ही मैंने अपने मायाबलसे उनकी रक्षाकी व्यवस्था कर दी थी ॥ ६८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां षडशीतितमोऽध्यायः ॥ ८६ ॥

(षट्पुरका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अनुचरों समेत राजाओंके कैद हो जानेपर उन असुरोंके क्षोभकी सीमा नहीं रही ॥ १ ॥ इधर श्रीकृष्ण-बलराम प्रभृति यादवों द्वारा मारे जाते हुए असुरगण चारों दिशाओंमें भागने लगे ॥ २ ॥ तब असुरगणाधिपति निकुम्भ नितान्त कुपित होकर उन भगोड़े दैत्योंसे बोला—तुमलोग प्रतिज्ञा भंग करके मोहवश भयभीतभावसे क्यों भाग रहे हो ? ॥३॥ प्रतिज्ञा पूर्ण किये बिना रणभूमिसे भागनेपर तुमको किन लोकोंमें स्थान मिलेगा ? ॥४॥ समरकर्कश शत्रुको पराजित कर देनेके बाद ही वीरोंको

न चासुरैस्तव सुताः स्पृष्टाः खल्वपि चेतसा ॥ यज्ञवाटे निरीक्ष्यन्तां मायया निहिता मया ॥ ६८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि षट्पुरवधप्रसंगे षडशीतितमोऽध्यायः ॥ ८६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ रुद्धेषु भूमिपालेषु सानुगेषु विशाम्पते ॥ आविवेशासुरांश्चाथ कश्मलं जनमेजय ॥ १ ॥ दिशः प्रतस्थुस्ते वीरा वध्यमानाः समन्ततः ॥ कृष्णानन्तप्रभृतिभिर्यदुभिर्युद्धदुर्मदैः ॥ २ ॥ निकुम्भस्तानथोवाच रुषितो दानवोत्तमः ॥ भित्त्वा प्रतिज्ञां किं मोहाद्भयार्ता यात विह्वलाः ॥ ३ ॥ हीनप्रतिज्ञाः काँल्लोकान्प्रयास्यथ पलायिताः ॥ अगत्वाऽपचितिं युद्धे ज्ञातीनां कृतनिश्चयाः ॥ ४ ॥ फलं जित्वैव भोक्तव्यं रिपून्समरकर्कशान् ॥ हतेन चापि शूरेण वस्तव्यं त्रिदिवे सुखम् ॥ ५ ॥ पलायित्वा गृहं गत्वा कस्य द्रक्ष्यथ हे सुखम् ॥ दारान्वक्ष्यथ किं चापि धिग्धिक्किं किं न लज्जथ ॥ ६ ॥ एवमुक्ता निवृत्तास्ते लज्जमाना नृपासुराः ॥ द्विगुणेन च वेगेन युयुधुर्यदुभिः सह ॥ ७ ॥ उत्सवे युद्धशौण्डानां नानाप्रहरणैर्नृप ॥ ये यान्ति यज्ञवाटं तं तान्निहन्ति धनञ्जयः ॥ ८ ॥ यमौ भीमश्च राजा च धर्मपुत्रो युधिष्ठिरः ॥ द्यां प्रयाताञ्जयानेन्द्रिः प्रवरश्च द्विजोत्तमः ॥ ९ ॥ अथासुरासृक्तोयाढ्या केशशैवलशाद्वला ॥ चक्रकर्मरथावर्ता गजशैलानुशोभिनी ॥ १० ॥ ध्वजकुन्ततरुच्छन्ना स्तनितोत्क्रुष्टनादिनी ॥ गोविन्दशैलप्रभवा भीरुचित्तप्रमाथिनी ॥११॥ असृग्बुद्बुदफेनाढ्या असिमत्स्यतरङ्गिणी ॥ सुस्राव शोणितनदी नदीव जलदागमे

विजयका फल प्राप्त होता है और रणमें स्वयं मर जानेपर स्वर्गलोक मिलता है ॥ ५ ॥ इस प्रकार पलायन करके घर जानेपर तुम कौनसा सुख भोग लोगे ? जब तुम्हारी स्त्रियाँ पूछेंगी, तब उन्हें तुम क्या उत्तर दोगे ? तुम्हें धिक्कार है । क्या अब तुममें तनिक भी लज्जा शेष नहीं रह गयी है ॥ ६ ॥ निकुम्भके ऐसा कहते ही अवशिष्ट राजे तथा असुरगण बहुत लज्जित होकर लौट पड़े और पहलेकी अपेक्षा द्विगुणित उत्साहपूर्वक यादवोंके साथ लड़ने लगे ॥ ७ ॥ समरकुशल वीरोंमेंसे जो-जो वीर शस्त्रास्त्र लेकर युद्धके लिए यज्ञभूमिमें गये, वे भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव तथा युधिष्ठिरके हाथसे बचकर नहीं लौटे । जो दैत्य बचनेके लिए आकाशमें भागे, उन्हें जयन्त तथा प्रवर मार-मारकर यमपुर भेजने लगे ॥ ८ ॥ ९ ॥ उस समय समरभूमिमें वर्षाकालीन नदीके समान रुधिरकी नदी बहने लगी । उस नदीमें रथके पहिये कछुए, रथ उसके आवर्त, हाथी सलिलगत पर्वत, ध्वज तथा बाण जलवृक्ष, चीत्कारका शब्द

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कल्लोल और तलवारें मछलियों जैसी दीखने लगीं। कृष्णरूपी पर्वत उस नदीका उद्गमस्थान था। बुद्‌बुद तथा फेनसे भरी उस नदीको देखकर भीरु पुरुषोंका हृदय काँप उठता था ॥ १०–१२ ॥ हे महाराज! दानवश्रेष्ठ निकुम्भ शत्रुका बल बढ़ता तथा अपने पक्षको नष्टप्राय देखकर बलके अभिमानवश वह एकाएक बड़ी जोरसे आकाशमें उछला ॥ १३ ॥ वहाँ जयन्त और प्रवर वज्रसदृश बाणोंकी वर्षा करके उसे रोकने लगे। तब रोषसे अपने होंठ काटते हुए उस महान् असुरने प्रवरपर परिघका ऐसा प्रहार किया कि वे लड़खड़ाकर धरतीपर आ गिरे। इस परिस्थितिमें इन्द्रतनय जयन्तने तत्काल उनके पास पहुँचकर आलिङ्गन किया। वे अभी जीवित हैं, यह देखकर जयन्त बड़े वेगके साथ निकुम्भपर झपटे और उसपर अपने खड्गका प्रहार कर दिया। उत्तरमें निकुम्भने भी उनपर खड्गप्रहार किया ॥ १४–१७ ॥ किन्तु जयन्तके प्रहारसे निकुम्भका शरीर काँप उठा। तब उस दैत्यने मन ही मन सोचा कि

॥ १२ ॥ तान्दृष्ट्वैव निकम्भस्तु वर्द्धमानांश्च शात्रवान् ॥ हतान्सर्वान्सहायांश्च वीर्यादेवोत्पपात ह ॥ १३ ॥ स वारितो जयन्तेन प्रवरेण च भारत ॥
शरैः कुलिशसंकाशैर्निकुम्भो रणकर्कशः ॥ १४ ॥ सन्निवृत्याथ दष्टोष्ठः परिघेण दुरासदः ॥ प्रवरं ताडयामास स पपात महीतले ॥ १५ ॥ ऐन्द्रिस्तं
पतितं भूमौ बाहुभ्यां परिषस्वजे ॥ विदित्वा चैव सप्राणं हित्वाऽसुरमभिद्रुतः ॥ १६ ॥ अभिद्रुत्य निकुम्भं च निस्त्रिंशेन जघान ह ॥ परिघेणापि
दैतेयो जयन्तं समताडयत् ॥१७॥ ततश्च बहुलं गात्रं निकुम्भस्यैन्द्रिराहवे ॥ स चिन्तयामास तदा वध्यमानो महासुरः ॥१८॥ कृष्णेन सह योद्ध-
व्यं वैरिणा ज्ञातिघातिना ॥ श्रावयामि किमात्मानमाहवे शक्रसूनुना ॥ १९ ॥ एवं स निश्चयं कृत्वा तत्रैवान्तरधीयत ॥ जगाम चैव युद्धार्थं यत्र
कृष्णो महाबलः ॥२०॥ तं दृष्ट्वैरावतस्कन्धमास्थितो बलनाशनः ॥ द्रष्टुमभ्यागतो युद्धं जहृषे सह दैवतैः ॥ २१ ॥ साधु साध्विति पुत्रं च परितुष्टः
स सस्वजे ॥ प्रवरं चापि धर्मात्मा सस्वजे मोहवर्जितम् ॥ २२ ॥ देवदुन्दुभयश्चापि प्रणेदुर्वासवाज्ञया ॥ यजमानं रणे दृष्ट्वा जयन्तं रणदुर्जयम् ॥ २३ ॥
ददर्शाथ निकुम्भस्तु केशवं रणदुर्जयम् ॥ अर्जुनेन स्थितं सार्द्धं यज्ञवाटाविदूरतः ॥ २४ ॥ स नादं सुमहान्कृत्वा पक्षिराजमताडयत् ॥ परिघेण
सुघोरेण बलं सत्यकमेव च ॥ २५ ॥ नारायणं चार्जुनं च भीमं चाथ युधिष्ठिरम् ॥ यमौ च वासुदेवं च साम्बं कामं च वीर्यवान् ॥ २६ ॥ युयुधे मायया

वस्तुतः हमारी जातिका नाश करनेवाले शत्रु कृष्ण ही हैं। अतएव इन्द्रतनयके साथ व्यर्थ युद्ध करके शरीरको कष्ट देनेसे क्या लाभ? ॥ १८ ॥ १९ ॥ ऐसा निश्चय करके निकुम्भ वहाँसे अन्तर्धान होकर युद्धके लिए श्रीकृष्णके पास जा पहुँचा ॥ २० ॥ उस समय बलदैत्यविनाशक इन्द्र निकुम्भ और कृष्णका युद्ध देखनेके लिए ऐरावत हाथीपर सवार होकर देवताओंके साथ वहाँ जा पहुँचे। अपने पुत्रका युद्धकौशल देखकर वे बहुत प्रसन्न हुए और अगणित धन्यवाद देकर उन्होंने प्रवर तथा जयन्तका आलिङ्गन किया ॥ २१ ॥ २२ ॥ तदनन्तर रणदुर्जय जयन्तको जीतते देखकर इन्द्रदेवके आज्ञानुसार चारों दिशाओंमें दुन्दुभियाँ बजने लगीं ॥ २३ ॥ इसके बाद निकुम्भने रणविजयी कृष्णके पास पहुँचकर देखा कि वे यज्ञभूमिके निकट अर्जुनके साथ खड़े हैं ॥ २४ ॥ देखते ही भीषण सिंहनाद करके पक्षिराज गरुड़ बलराम, सात्यकि, श्रीकृष्ण, अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर, नकुल, सहदेव, वसुदेव, साम्ब तथा प्रद्युम्नपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने परिघास्त्रका प्रहार किया ॥ २५ ॥ २६ ॥ इसके बाद वह अपने मायाबलसे इस प्रकार युद्ध करने लगा कि बड़े-बड़े शस्त्रास्त्रविशारद महारथी भी उसे नहीं देख सके ॥ २७ ॥ सबको निरुपाय देखकर भगवान कृष्णने प्रमथनाथ बिल्वोदकेश्वर शंकरजीका स्मरण किया ॥ २८ ॥ स्मरण करते ही देवदेव शंकरजीके प्रभावसे सबको दिव्य दृष्टि प्राप्त हो गयी और सब लोग मायावी निकुम्भको देखने लगे ॥ २९ ॥ उसकी आकृति कैलासशिखर जैसी थी। उसे देखनेसे ऐसा लगता था कि मानो वह सबको उदरस्थ कर लेगा। व बार-बार श्रीकृष्णको युद्धके लिए ललकार रहा था ॥ ३० ॥ ३१ ॥ उसी समय पृथापुत्र अर्जुन अपने गाण्डीव धनुषपर रोदा चढ़ाकर निकुम्भके शरीर तथा उसके परिघ-अस्त्रपर बारम्बार बाणवर्षा करने लगे ॥ ३२ ॥ किन्तु वे सभी बाण उसके शरीर तथा परिघका स्पर्श करते ही भग्न तथा कुंचित होकर पृथिवीपर गिरने लगे ॥ ३३ ॥ हे महाराज! यह कौतुक देखकर बड़े विस्मयके साथ अर्जुनने भगवानसे कहा—महात्मन्! यह क्या आश्चर्य है? मेरे बाणप्रयोगसे पर्वततक विदीर्ण हो जाते हैं, तब फिर आज ऐसा क्यों हुआ? ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ तनिक मुसकाकर भगवान

दैत्यः शीघ्रकारी च भारत ॥ न चैनं ददृशुः सर्वे सर्वशस्त्रविशारदाः ॥ २७ ॥ यदा तु नैवापश्यंस्तं तदा बिल्वोदकेश्वरम् ॥ दध्यौ देवं हृषीकेशः प्रमथानां गणेश्वरम् ॥२८॥ ततस्ते ददृशुः सर्वे प्रभावादतितेजसः ॥ बिल्वोदकेश्वरस्याशु निकुम्भं मायिनां वरम् ॥२९॥ कैलासशिखराकारं ग्रसन्तमिव धिष्ठितम् ॥ आह्वयन्तं रणे कृष्णं वैरिणं ज्ञातिनाशनम् ॥३०॥ सज्यगाण्डीवमेवाथ पार्थस्तस्य रथेषुभिः ॥ परिघं चैव गात्रेषु विव्याधैनमथासकृत ॥३१॥ ते बाणास्तस्य गात्रेषु परिघे च जनाधिप ॥ भग्नाः शिलाशिताः सर्वे निपेतुः कुञ्चिताः क्षितौ ॥३२॥ विफलानस्त्रयुक्तांस्तान्दृष्ट्वा बाणान्धनंजयः ॥ पप्रच्छ केशवं वीरः किमेतदिति भारत ॥३३॥ पर्वतानपि भिन्दन्ति मम वज्रोपमाः शराः ॥ किमिदं देवकीपुत्र विस्मयोऽत्र महान्मम ॥३४॥ तमुवाच ततः कृष्णः प्रहसन्निव भारत ॥ महद्भूतं निकुम्भोऽयं कौन्तेय शृणु विस्तरात् ॥ ३५॥ पुरा गत्वोत्तरकुरूंस्तपश्चक्रे महासुरः ॥ शतं वर्षसहस्राणां देवशत्रुर्दुरासदः ॥३६॥ अथैनं छन्दयामास वरेण भगवान्हरः ॥ स वव्रे त्रीणि रूपाणि न वध्यानि सुरासुरैः ॥३७॥ तमुवाच महादेवो भगवान्वृषभध्वजः ॥ मम वा ब्राह्मणानां वा विष्णोर्वाऽप्रियमाचरन् ॥ ३८ ॥ भविष्यसि हरेर्वध्यो न त्वन्यस्य महासुर ॥ ब्रह्मण्योऽहं च विष्णुश्च विप्राणां परमा गतिः ॥ ३९ ॥ स एष सर्वशस्त्राणामवध्यः पांडुनन्दन ॥ त्रिदेहोऽतिप्रमाथी च वरमत्तश्च दानवः ॥ ४० ॥ भानुमत्यापहरणे देहो-

बोले—निकुम्भमें अलौकिक शक्ति है। उसका कारण मैं विस्तृतरूपसे बता रहा हूँ, सुनो—॥ ३६ ॥ पूर्वकालमें इस महाबली दैत्यने उत्तर कुरुप्रदेश जाकर एक लाख वर्षतक कठोर तप किया। इसकी तपस्यासे प्रसन्न होकर भगवान भूतनाथ गये और इससे वर माँगनेको कहा। तब इस असुरने देवताओं तथा दैत्योंसे अवध्य होनेके लिए तीन रूपका वरदान माँगा ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ तब शंकर भगवानने 'तथास्तु' कहते हुए कहा—'यदि तुम कभी मेरा, ब्राह्मणोंका अथवा विष्णुभगवानका अहित करोगे तो तुम नारायणके हाथों मारे जाओगे। और कोई भी तुम्हें न मार सकेगा। हे महासुर! मैं और विष्णु दोनों ही ब्राह्मणोंके हितकारी हैं। क्योंकि ब्राह्मण ही हमारे प्रधान आश्रय हैं ॥ ३९ ॥ इस प्रकार यह महान् असुर महादेवके वरदानस्वरूप तीन मूर्तियें प्राप्त करके देवताओं तथा दानवोंके सब शस्त्रोंसे अवध्य और मदमत्त हो गया है ॥ ४० ॥ भानुमतीहरणके समय मैंने इसकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एक देह नष्ट कर दी है। यह इसकी षट्पुरमूर्ति हैं ॥ ४१ ॥ इसके अतिरिक्त इसकी एक मूर्ति और है । वह तपस्या करती हुई सदा दितिकी सेवामें लगी रहती है। इसका यह भयानक शरीर षट्पुरमें निवास करता है ॥ ४२ ॥ इस प्रकार मैंने तुम्हें निकुम्भका चरित्र कह सुनाया। अब इसका विनाश करनेकी शीघ्रता करो। बादमें और बात होगी ॥ ४३ ॥ हे महाराज ! कृष्ण और अर्जुनमें वार्तालाप हो ही रहा था, उसी समय वह रणदुर्जय दानव षट्पुरनामकी कन्दरामें घुस गया ॥ ४४ ॥ तब भगवान मधुसूदन भी उसे खोजते हुए उसी भयानक कन्दरामें चले गये ॥ ४५ ॥ उसके भीतर सूर्य-चन्द्रमाकी प्रभाका समावेश नहीं था, किन्तु वह अपनी ही दीप्तिसे सदा देदीप्यमान रहती थी। उसमें सुख-दुःख तथा शीत-उष्ण इच्छानुसार समभावसे रहा करते थे ॥ ४६ ॥ भगवान कृष्णने प्रविष्ट होकर देखा कि निकुम्भके द्वारा कैद किये हुए यादव वहाँ विद्यमान हैं। वहाँ पहुँते ही

ऽस्यैको हतो मया ॥ अवध्यं षट्पुरं देहमिदमस्य दुरात्मनः ॥ ४१ ॥ दितिं शुश्रूषति त्वेको देहोऽस्य तपसाऽन्वितः ॥ अन्यस्तु देहो घोरोऽस्य येनावसति षट्पुरम् ॥ ४२ ॥ एतत्तु सर्वमाख्यातं निकुंभचरितं मया ॥ त्वरयास्य वधे वीर कथा पश्चाद्भविष्यति ॥ ४३ ॥ तयोः कथयतोरेवं कृष्णयोरसुरस्तदा ॥ गुहां षट्पुरसंज्ञां तां विवेश रणदुर्जयः ॥ ४४ ॥ अन्विष्य तस्य भगवान्विवेश मधुसूदनः ॥ तां षट्पुरगुहां घोरां दुर्द्धर्षां कुरुनन्दन ॥ ४५ ॥ चन्द्रसूर्यप्रभाहीनां ज्वलन्तीं स्वेन तेजसा ॥ सुखदुःखोष्णशीतानि प्रयच्छन्तीं यथेप्सितम् ॥ ४६ ॥ तत्र प्रविश्य भगवान-पश्यत जनाधिपान् ॥ युयुधे सह घोरेण निकुम्भेन जनाधिप ॥ ४७ ॥ कृष्णस्यानुप्रविष्टास्तु बलाद्या यादवास्तदा ॥ प्रविष्टाश्च तथा सर्वे पाण्डवास्ते महात्मनः ॥ ४८ ॥ समेतास्तु प्रविष्टास्ते कृष्णस्यानुमतेन वै ॥ युयुधे स तु कृष्णेन रौक्मिणेयः प्रचोदितः ॥ अनयद्यादवान्सर्वान् यानयं बद्धवान्पुरा ॥ ४९ ॥ तं मुक्त्वा रौक्मिणेयन प्राप्ता यत्र जनार्दनः ॥ प्रहृष्टमनसः सर्वे निकुम्भवधकाङ्क्षिणः ॥ ५० ॥ राजानो वीर मुञ्चेति पुनः कामं यथाऽब्रवीत् ॥ मुमोच चाथ तान्वीरो रौक्मिणेयः प्रतापवान् ॥ ५१ ॥ अधोमुखमुखाः सर्वे बद्धमौना नराधिपाः ॥ लज्जयाऽभिप्लुता वीरास्तस्थुर्नष्टश्रियस्तदा ॥ ५२ ॥ निकुम्भमपि गोविन्दः प्रयतन्तं जयं प्रति ॥ योधयामास भगवान्घोरमात्मरिपुं हरिः ॥ ५३ ॥ परिघेणाहतः कृष्णो निकुम्भेन भृशं विभो ॥ गदया चापि कृष्णेन निकुम्भस्ताडितो भृशम् ॥ ५४ ॥ तावुभौ मोहमापन्नौ सुप्रहारहतौ तदा ॥ ततः प्रव्यथिता-

उसके साथ भगवान्का युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ४७ ॥ भगवानके पीछे-पीछे बलराम आदि यादव तथा युधिष्ठिर प्रभृति पाण्डव भी उस कन्दरामें चले गये ॥४८॥ पहले निकुम्भने जिन यादवोंको बन्दी बनाकर गुफामें बन्द कर दिया था, उन्हें श्रीकृष्णके आदेशसे प्रद्युम्नने मुक्त कर दिया। तब मुक्त यादव परम प्रसन्नतापूर्वक भगवानके सम्मुख जा उपस्थित हुए। तदनन्तर श्रीकृष्णने प्रतिपक्षी राजाओंको भी मुक्त करनेके लिए प्रद्युम्नसे कहा। तब उन्होंने उन सबको भी छोड़ दिया। छूटनेपर वे राजे लज्जासे मुख नीचा किये हुए स्तब्ध तथा निष्प्रभ होकर भगवानके सम्मुख खड़े हो गये ॥ ४९–५२ ॥ उसी समय कृष्ण और विजयाभिलाषी निकुम्भमें भयानक युद्ध होने लगा ॥ ५३ ॥ अवसर पाकर निकुम्भने भगवानपर परिघका प्रहार किया, तब उन्होंने निकुम्भपर गदाका आघात किया ॥ ५४ ॥ दोनोंके विकट प्रहारसे वे दोनों ही मूर्छित हो गये। यह घटना घटित देखकर यादव तथा पाण्डव बहुत भयभीत हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गये। उन्हें इस प्रकार व्याकुल देखकर मुनिगण भगवान कृष्णकी कुशलकामना करके मन्त्रोंका जप तथा वेदोक्त मन्त्रोंसे उनकी स्तुति करने लगे ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ तदनन्तर जब उनमें फिर प्राणसचार हुआ, तब वे दोनों गर्जनकारी सिंह, नादकारी वृषभ तथा क्रुद्ध भेड़ियोंकी तरह पुनः परस्पर प्रहार करने लगे ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ उसी समय आकाशवाणी हुई—'हे कृष्ण ! आप अपने चक्र द्वारा देवताओं तथा ब्राह्मणोंके लिए कण्टकस्वरूप इस दैत्यका शीघ्र विनाश करिए ॥ ५९ ॥ ऐसा करनेसे आपको धर्म तथा विपुल यश प्राप्त होगा।' साक्षात् बिल्वोदकेश्वर शंकरके मुखसे इस प्रकारकी देववाणी निकली थी ॥६०॥ तब भगवान कृष्णने 'ऐसा ही होगा' यह कह तथा शंकरजीको नमस्कार करके अपना दैत्यकुल-नाशक सुदर्शन चक्र चला दिया ॥ ६१ ॥ इस तरह सूर्यसदृश तेजस्वी चक्रके प्रहारसे निकुम्भ दैत्यका कुण्डलालकृत मस्तक कटकर धरतीपर गिर गया ॥ ६२ ॥ जैसे मेघको देखकर

न्दृष्ट्वा पाण्डवांश्चाथ यादवान् ॥ ५५ ॥ जेपुर्मुनिगणास्तत्र कृष्णस्य हितकाम्यया ॥ तष्टुवुश्च महात्मानं वेदप्रोक्तैस्तथा स्तवैः ॥ ५६ ॥ ततः प्रत्यागतप्राणो भगवान्केशवस्तदा ॥ दानवश्च पुनर्वीरावुद्यतौ समरं प्रति ॥ ५७ ॥ वृषभाविव नर्दन्तौ गजाविव च भारत ॥ शालावृकाविव क्रुद्धौ प्रहरन्तौ रणोत्कटौ ॥ ५८ ॥ अथ कृष्णं तदोवाच नृपं वागशरीरिणी ॥ चक्रेण शमयस्वैनं देवब्राह्मणकण्टकम् ॥५९॥ इति होवाच भगवान्देवो बिल्वोदकेश्वरः ॥ धर्मं यशश्च विपुलं प्राप्नुहि त्वं महाबल ॥६०॥ तथेत्युक्त्वा नमस्कृत्य लोकनाथः सतां गतिः ॥ सुदर्शनं मुमोचाथ चक्रं दैत्यकुलान्तकम् ॥ ६१ ॥ तन्निकुम्भस्य चिच्छेद शिरः प्रवरकुण्डलम् ॥ नारायणभुजोत्सृष्टं सूर्यमण्डलवर्चसम् ॥ ६२ ॥ उत्पपात शिरस्तस्य भूमौ ज्वलितकुण्डलम् ॥ मेघमत्तो गिरेः शृङ्गान्मयूर इव भूतले ॥६३॥ निकुम्भे निहते तस्मिन्देवो बिल्वोदकेश्वरः ॥ तुतोष च नरव्याघ्र जगत्त्रासकरो विभुः ॥६४॥ पपात पुष्पवृष्टिश्च शक्रसृष्टा नभस्तलात् ॥ देवदुन्दुभयश्चैव प्रणेदुररिनाशने ॥ ६५ ॥ ननन्द च जगत्कृत्स्नं मुनयश्च विशेषतः ॥ दैत्यकन्याश्च भगवान् यदुभ्यः शतशो ददौ ॥ ६६ ॥ क्षत्रियाणां च भगवान्सान्त्वयित्वा पुनः पुनः ॥ रत्नानि च विचित्राणि वासांसि प्रवराणि च ॥ ६७ ॥ रथानां वाजियुक्तानां षट्सहस्राणि केशवः ॥ अददात्पाण्डवेभ्यश्च प्रीतात्मा गदपूर्वजः ॥६८॥ तदेव चाथ प्रवरं षट्पुरं पुरवर्द्धनः ॥ द्विजाय ब्रह्मदत्ताय ददौ तार्क्ष्यवरध्वजः ॥ ६९ ॥ सत्रे समाप्ते च तदा शंखचक्रगदाधरः ॥ विसर्जयित्वा तत्क्षत्रं पाण्डवांश्च महाबलः

मत्त मयूर पर्वतशिखरसे धरातलपर गिर जाता है, उसी प्रकार निकुम्भका कुण्डलालंकृत छिन्न मस्तक पृथिवीपर गिर पड़ा ॥ ६३ ॥ हे महाराज ! निकुम्भके मरणसे बिल्वोदकेश्वर शिवको अपार आनन्द प्राप्त हुआ। ऐसा होनेसे संसारको शान्ति मिली ॥६४॥ उस समय स्वयं इन्द्रदेव आकाशसे पुष्पवर्षा करने लगे और देवदुन्दुभियाँ बजने लगीं। समस्त विश्व और विशेष करके सब मुनिजन आनन्दविभोर हो उठे। तदनन्तर भगवान कृष्णने यादवोंको सैकड़ों दैत्यकन्यायें, अन्यान्य क्षत्रियोंको सात्वनाके साथ विपुल धनराशि तथा विचित्र वस्त्र, पाण्डवोंको अनेक अश्वयुक्त छ हजार रथ प्रदान किया और द्विजवर ब्रह्मदत्तको षट्पुर नगर दे डाला ॥६५–६९॥ यज्ञ समाप्त हो जानेपर शंख-चक्र-गदाधारी भगवान कृष्णने अन्यान्य राजाओं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा पाण्डवोंको विदा कर दिया ॥७०॥ तत्पश्चात् उन्होंने बिल्वोदकेश्वर शिवके निमित्त एक मेलेका आयोजन किया। उस मेलेमें मांस, विविधप्रकारकी दालें तथा नाना प्रकारके व्यञ्जन बनवाकर लोगोंको भोजन कराया ॥ ७१ ॥ फिर युद्धनिपुण पहलवानोंको बुलवाकर श्रीकृष्णने उनका मल्लयुद्ध देखा और अन्तमें पारितोपिकरूपमें उन्हें प्रचुर धन तथा नाना प्रकारके वस्त्र प्रदान किये ॥ ७२ तदनन्तर विप्र ब्रह्मदत्तको प्रणाम करके भगवान कृष्णने माता-पिताके साथ प्रस्थान कर दिया ॥ ७३ ॥ हृष्ट-पुष्ट जनोंसे भरी द्वारकामें प्रवेशके समय उसके सभी रास्ते पुष्पमालाओंसे अलङ्कृत किये गये और राजमार्गके दोनों ओर खड़े नरनारियोंने उनकी वन्दना की ॥ ७४ ॥ हे महाराज जनमेजय ! जो लोग भगवान चक्रपाणिकी विजय तथा षट्पुरके वधका वृत्तान्त श्रवण या पठन करते हैं, उन्हें युद्धमें विजय प्राप्त होती है ॥७५॥ ऐसा करनेवाले अपुत्री पुत्रवान्, निर्धन धनवान्, रोगी आरोग्य तथा बन्धनमें पड़े व्यक्ति बन्धन-मुक्त हो जाते हैं ॥७६॥ पुंसवनसंस्कार, गर्भाधानसंस्कार तथा श्राद्धकार्यमें तो यह अक्षय महामन्त्रका काम करता है ॥७७॥ फलतः जो लोग देववर विख्यातवीर्य तथा महात्मा कृष्णकी

॥ ७० ॥ बिल्वोदकेश्वरस्याथ समाजमकरोत्प्रभुः ॥ मांससूपसमाकीर्णं बह्वन्नं व्यञ्जनाकुलम् ॥ ७१ ॥ नियुद्धकुशलान्मल्लान्देवो मल्लप्रियस्तदा ॥ योधयित्वा ददौ भूरि वित्तं वस्त्राणि चात्मवान् ॥ ७२॥ मातापितृभ्यां सहितो यदुभिश्च महाबलः ॥ अभिवाद्य ब्रह्मदत्तं ययौ द्वारवतीं पुरीम् ॥७३॥ स विवेश पुरीं रम्यां हृष्टपुष्टजनाकुलाम् ॥ पुष्पचित्रपथां वीरो वन्द्यमानो नरैः पथि ॥ ७४ ॥ इमं यः षट्पुरवधं विजयं चक्रपाणिनः ॥ शृणुयाद्वा पठेद्वापि युद्धे जयमवाप्नुयात् ॥७५॥ अपुत्रो लभते पुत्रमधनो लभते धनम् ॥ व्याधितो मुच्यते रोगी बद्धश्चाप्यथ बन्धनात् ॥ ७६ ॥ इदं पुंसवनं प्रोक्तं गर्भाधानं च भारत ॥ श्राद्धेषु पठितं सम्यगक्षय्यकरणं स्मृतम् ॥ ७७ ॥ इदममरवरस्य भारते प्रथितबलस्य जयं महात्मनः ॥ सततमिह हि यः पठेन्नरः सुगतिमितो व्रजते गतज्वरः ॥ ७८ ॥ मणिजनकविचित्रपाणिपादो निरतिशयार्कगुणोऽरिहादिनाथः ॥ चतुरुदधिशयश्चतुर्विधात्मा जयति जगत्पुरुषः सहस्रनामा ॥ ७९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि षट्पुरवधो नाम सप्ताशीतितमोऽध्यायः ॥ ८७ ॥

जनमेजय उवाच ॥ श्रुतोऽयं षट्पुरवधो रम्यो मुनिवरोत्तम ॥ पुरोक्तमन्धकवधं वैशम्पायन कीर्तय ॥ १ ॥ भानुमत्याश्च हरणं निकुम्भस्य वधं तथा ॥ प्रब्रूहि वदतां श्रेष्ठ परं कौतूहलं हि मे ॥२॥ वैशम्पायन उवाच ॥ दितिर्हतेषु पुत्रेषु विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ तपसाऽऽराधयामास मारी-

इस विजयगाथाका पठन करते हैं, वे सांसारिक पीड़ाओंसे मुक्त होकर सद्गति प्राप्त कर लेते हैं ॥७८॥ मणिमय तथा सुवर्णमय हस्तपादाभरणधारी, सूर्यसे भी अधिक तेजस्वी, सबके स्वामी, चतुर्विधात्मा, चतुःसमुद्रशायी, शत्रुनाशन तथा सहस्रनामा जगत्पति भगवानकी जय हो ॥ ७९ ॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां सप्ताशीतितमोऽध्यायः ॥ ८७ ॥

(अन्धकासुरके वधका वृत्तान्त) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले--हे मुनिसत्तम ! मैंने आपके मुखारविन्दसे षट्पुरके वधकी कथा सुनी। अब कृपा करके आप मुझे अन्धकवधका वह वृत्तान्त सुनाइए, जिसकी चर्चा आप पहले कर चुके हैं। क्योंकि अन्धक तथा निकुम्भवध एवं भानुमतीके अपहरणकी वार्ता सुननेके लिए मेरी उत्सुकता बढ़ रही है। अतएव आप यही प्रसङ्ग कहिए ॥ १ ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! भगवान विष्णुने जब बहुतेरे दैत्योंका वध कर दिया, तब दैत्यमाता तपोधना दिति तप करके अपने पति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कश्यपकी आराधना करने लगी ॥ ३ ॥ महामुनि कश्यप उसकी यथोचित तपस्या, समुचित शुश्रूषा और यथासमय आनुकूल्य भाव देखकर बहुत प्रसन्न हुए और बोले—भद्रे ! मैं तुमपर प्रसन्न हूँ । अब तुम इच्छानुसार वर माँगो, मैं दूँगा ॥ ४ ॥ दितिने कहा—भगवन् ! देवताओंने तो मेरे सब पुत्रोंको मार डाला । अब यही प्रार्थना है कि आप मुझे ऐसा पुत्र दें, जो देवताओं द्वारा अवध्य तथा असाधारण पराक्रमी हो ॥ ५ ॥ ६ ॥ मुनिवर कश्यप बोले—हे कमललोचने ! हे देवि दाक्षायणि ! तुम शंकर भगवान्को छोड़कर और सभी देवताओं द्वारा अवध्य एक पुत्ररत्न प्राप्त करोगी । क्योंकि महादेवपर प्रभुता करनेकी सामर्थ्य मुझमें नहीं है । अतएव उन्हीं देवदेवसे आत्मरक्षाके लिए तुम्हारे पुत्रको सदा सचेष्ट रहना होगा ॥ ७ ॥ ॥ ८ ॥ ऐसा कहकर सत्यवादी महामुनि कश्यपने अपनी उँगलीसे दितिके उदरका स्पर्श कर दिया । कुछ समय बाद उसके उदरसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ ॥ ९ ॥ उस पुत्रके हजार हाथ,

चं कश्यपं पुरा ॥ ३ ॥ तपसा कालयुक्तेन तथा शुश्रूषया मुनेः ॥ आनुकूल्येन च तथा माधुर्येण च भारत ॥ ४ ॥ परितुष्टः कश्यपस्तु तामुवाच तपोधनः ॥ परितुष्टोऽस्मि ते भद्रे वरं वरय सुव्रते ॥ ५ ॥ दितिरुवाच ॥ हतपुत्राऽस्मि भगवन्देवैर्धर्मभृतां वर ॥ अवध्यं पुत्रमिच्छामि देवैरमितविक्रमम् ॥ ६ ॥ कश्यप उवाच ॥ अवध्यस्ते सुतो देवि दाक्षायणि भवेदिति ॥ देवानां संशयो नात्र कश्चित्कमललोचने ॥ ७ ॥ देवदेवमृते रुद्रं तस्य न प्रभवाम्यहम् ॥ आत्मा ततस्ते पुत्रेण रक्षितव्यो हि सर्वथा ॥ ८ ॥ अन्वालभत तां देवीं कश्यपः सत्यवागथ ॥ अङ्गुल्योदरदेशे तु सा पुत्रं सुषुवे ततः ॥ ९ ॥ सहस्रबाहुं कौरव्य सहस्रशिरसं तथा ॥ द्विसहस्रेक्षणं चैव तावच्चरणमेव च ॥ १० ॥ स व्रजत्यन्धवद्यस्मादनन्धोऽपि हि भारत ॥ तमन्धकोऽयं नाम्नेति प्रोचुस्तत्र निवासिनः ॥ ११ ॥ अवध्योऽस्मीति लोकान्स सर्वान्बाधति भारत ॥ हरत्यपि च रत्नानि सर्वाण्यात्मबलाश्रयात् ॥ १२ ॥ वासयत्यात्मवीर्येण निगृह्याप्सरसां गणान् ॥ स वेश्मन्यूर्जितोऽत्यर्थं सर्वलोकभयंकरः ॥ १३ ॥ परदारापहर्णं पररत्नविलोपनम् ॥ चकार सततं मोहादन्धकः पापनिश्चयः ॥ १४ ॥ त्रैलोक्यविजयं कर्तुमुद्यतः स तु भारत ॥ सहायैरसुरैः सार्द्धं बहुभिः सर्वधर्षिभिः ॥ १५ ॥ तच्छ्रुत्वा भगवाञ्छक्रः कश्यपं पितरं ब्रवीत् ॥ अन्धकेनेदमारब्धमीदृशं मुनिसत्तम ॥ १६ ॥ आज्ञापय विभो कार्यमस्माकं समनन्त-

हज़ार मस्तक, दो हजार नेत्र और दो हजार पैर थे ॥१०॥ वह महान् असुर दो हजार नेत्र रहते हुए भी अहंकारवश अन्धेके समान चलने लगा । अतएव वहाँके लोग उसे 'अन्धक' कहकर पुकारने लगे ॥ ११ ॥ अब अन्धक 'मैं सारी त्रिलोकी द्वारा अवध्य हूँ' इस अहंकारवश सब लोगोंको सताने लगा । उसने सब लोगोंसे हठात् धन-रत्न छीनना आरम्भ कर दिया ॥ १२ ॥ अनेक अप्सराओंका अपहरण करके उसने उन्हें अपने घरमें रख लिया ॥ १३ ॥ वह पापी और सब लोगोंके लिए भयंकर असुर नित्य परस्त्रीहरण, परधन तथा पररत्नलुण्ठन आदि दुष्कर्मोंको करने लगा ॥ १४ ॥ कुछ समय बाद अन्यान्य असुरोंके साथ मिलकर वह समस्त त्रिलोकीको पराजित करनेके लिए उद्यत हो गया ॥ १५ ॥ यह सुनकर देवराज इन्द्र महामुनि कश्यपके पास गये और उन्हें सम्बोधित करके कहा—हे मुनिसत्तम ! जब कि अन्धकासुर ऐसे कुत्सित कर्म कर रहा है, तब हमारा क्या कर्तव्य है ? सो कृपा करके बताइए ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छोटे भ्राताका ऐसा अत्याचार सहना बहुत कठिन है ॥ १६ ॥ १७ ॥ माता दिति उसपर बहुत अधिक स्नेह रखती हैं। उस दशामें यदि मैं अन्धकका वध करूँगा तो वे बहुत कुपित होंगी ॥ १८ ॥ देवराजके वचन सुनकर महामुनि कश्यपने कहा—वत्स! अब तुम जाओ। मैं उसे मना कर दूँगा ॥ १९ ॥ ऐसा कहकर कश्यप दितिके पास गये। वहाँ कश्यप तथा दिति दोनोंने बहुत दुःखके साथ अन्धकसे कहा—वत्स! तुम त्रिलोक-विजयका विचार त्याग दो ॥ २० ॥ किन्तु वह दुष्ट माता-पिताके रोकनेपर भी दुष्कर्मोंसे पराङ्मुख नहीं हुआ। अब वह नाना प्रकारसे देवताओं तथा अन्यान्य प्राणियोंको दुःख देने लगा ॥ २१ ॥ इन्द्रके उद्यानमें जाकर उसने वृक्षोंको उखाड़ डाला। जिससे उसकी शोभा नष्ट हो गयी। इन्द्रके अश्व उच्चैःश्रवाके बच्चोंको बलपूर्वक हर ले गया ॥ २२ ॥ देवताओंके समक्ष उसने दिग्गजोंके बच्चोंको छीन लिया ॥ २३ ॥ देवताओंको प्रसन्न करनेके लिए यदि कोई यज्ञ अथवा तपस्या

रम् ॥ यवीयसः कथं नाम सोढव्यं स्यान्मुने मया ॥१७॥ इष्टपुत्रे प्रहर्तव्यं कथं नाम मया विभो ॥ इहात्रभवती कुर्यान्मन्युं मयि हते सुते ॥१८॥
देवेन्द्रवचनं श्रुत्वा कश्यपोऽथाब्रवीन्मुनिः ॥ वारयिष्यामि देवेन्द्र सर्वथा भद्रमस्तु ते ॥ १९ ॥ अन्धकं वारयामास दित्या सह तु कश्यपः ॥
त्रैलोक्यविजयाद्वीरं कृच्छ्रकृच्छ्रेण भारत ॥ २० ॥ वारितोऽपि स दुष्टात्मा बाधत्येव दिवौकसः ॥ तैस्तैरुपायैर्दुष्टात्मा प्रमथ्य च तथाऽमरान्
॥ २१ ॥ बभञ्ज कानने वृक्षानुद्यानानि च दुर्मतिः ॥ उच्चैःश्रवःसुतानश्वान्बलादप्यानयद्दिवः ॥ २२ ॥ नागान्दिशागजसुतान्दिव्यानपि च
भारत ॥ बलाद्धरति देवानां पश्यतां वरदर्पितः ॥ २३ ॥ देवानाप्याययन्ते तु ये यज्ञैस्तपसा तथा ॥ तेषां चकार विघ्नं स दुष्टात्मा देवकण्टकः
॥ २४ ॥ नेजुर्यज्ञैस्त्रयो वर्णास्तेपुश्च न तपांस्यपि ॥ अन्धकस्य भयाद्राजन्यज्ञविघ्नानि कुर्वतः ॥ २५ ॥ तस्येच्छया वाति वायुरादित्यश्च तप-
त्युत ॥ चन्द्रमा वा सनक्षत्रो दृश्यते नैव वा पुनः ॥ २६ ॥ न व्रजन्ति विमानानि विहायसि भयात्प्रभो ॥ अन्धकस्यातिघोरस्य बलदृप्तस्य दुर्मतेः
॥ २७ ॥ निरोङ्कारवषट्कारं जगद्वीर तथाऽभवत् ॥ अन्धकस्यातिघोरस्य भयात्कुरुकुलोद्वह ॥ २८ ॥ कुरूंस्तथोत्तरान्पापो द्रावयामास भारत ॥
भद्राश्वान्केतुमालांश्च जम्बुद्वीपांस्तथैव च ॥२९॥ मानयन्ति न तं देवा दानवाश्च दुरासदाः ॥ भूतानि च तथान्यानि समर्थान्यपि सर्वथा ॥ ३० ॥
ऋषयो वध्यमानास्तु समेता ब्रह्मवादिनः ॥ अचिन्तयन्नन्धकस्य वधं धर्मभृतां वर ॥ ३१ ॥ तेषां बृहस्पतिर्मध्ये धीमानिदमथाब्रवीत् ॥ नास्य रुद्रा-

आरम्भ करता तो वह दुष्ट विघ्न डालकर उन्हें नष्ट कर देता था ॥२४॥ उसके भयसे ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य इन तीनों वर्णोंके लोग यज्ञ तथा तप करनेका साहस नहीं करते थे। क्योंकि वह इन कार्योंमें विघ्न डालनेके लिए सदा तैयार रहता था ॥ २५ ॥ वायु उसकी इच्छानुसार बहता था। सूर्य उसीकी इच्छानुसार तपते थे। चन्द्रमा तथा नक्षत्र जब वह चाहता तभी दृष्टिगोचर होते थे—अन्यथा नहीं ॥ २६ ॥ उस भयानक, बलदृप्त तथा दुर्मति अन्धकके भयसे आकाशमें विमानोंका चलना बन्द हो गया ॥ २७ ॥ अतिशय उद्दण्ड अन्धकके भयसे संसारमें ॐकार तथा वषट्कारके उच्चारणका किसीको अधिकार नहीं रह गया ॥ २८ ॥ उस पापीने उत्तरकुरु, भद्राश्व, केतुमाल तथा जम्बूद्वीप आदि सभी प्रदेशोंमें खलबली मचा दी ॥ २९ ॥ देवता, दैत्य और अन्यान्य लोग बलवान् होते हुए भी उसका सम्मान करने लगे ॥ ३० ॥ जब वेदाध्यायी ऋषिगण नितान्त उपद्रवग्रस्त होकर एकमतसे उसके वधका कोई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपाय सोचने लगे ॥ ३१ ॥ उसी समय उन मुनियोंके मध्य सुरगुरु बृहस्पति बोले—शंकर भगवानके सिवाय उस दैत्यको और कोई नहीं मार सकता ॥ ३२ ॥ वरदानके समय भगवान
कश्यपने अन्धकासुरसे कहा था कि श्रीशिवजीके अतिरिक्त और सब प्राणियों द्वारा तुम अवध्य रहोगे । क्योंकि उनके हाथसे बचाना मेरी शक्तिके बाहर है ॥ ३३ ॥ अतएव अब हमको
कोई ऐसा उपाय करना चाहिए, जिससे शंकर भगवानको यह ज्ञात हो जाय कि अन्धक संसार भरको दुःख दे रहा है। उन्हें इस बातका पता लग जायगा तो वे अवश्य कोई उपाय करेंगे
कि जिससे हमारे आँसू पुँछ जायँ । क्योंकि दुष्टोंके हाथसे सज्जनोंका परित्राण करना उनका स्वाभाविक धर्म है । विशेष करके ब्राह्मणोंपर तो उनका और भी पक्षपात रहता है
॥ ३४–३६ ॥ अतएव चलिए, हम लोग देवर्षि नारदकी शरणमें चलें । वे देवदेव शंकर भगवानके असाधारण मित्र हैं । इस विपत्तिसे निस्तार पानेका उपाय वे ही बता सकेंगे ॥३७॥

हते मृत्युर्विद्यते च कथंचन ॥ ३२ ॥ तथा वरे दीयमाने कश्यपेनापि शब्दितः ॥ नाहं रुद्रात्परित्रातुं शक्त इत्येव धीमतः ॥ ३३ ॥ तमुपायं
चिन्तयामः शर्वो येन सनातनः ॥ जानीयात्सर्वभूतानि पीड्यमानानि शंकरः ॥ ३४ ॥ विदितार्थो हि भगवानवश्यं जगतः प्रभुः ॥ अश्रुप्रमार्जनं
देवः करिष्यति सतां गतिः ॥३५॥ व्रतं हि देवदेवस्य भवस्य जगतो गुरोः ॥ सन्तोऽसद्भयो रक्षितव्या ब्राह्मणास्तु विशेषतः ॥३६॥ ते वयं नारदं
सर्वे प्रयामः शरणं द्विजम् ॥ उपायं वेत्स्यते तत्र वयस्यो हि भवस्य सः ॥३७॥ बृहस्पतिवचः श्रुत्वा सर्वेऽप्यथ तपोधनाः ॥ तावद्ददृशुराकाशे प्राप्तं
देवर्षिसत्तमम् ॥ ३८ ॥ पूजयित्वा यथान्यायं सत्कृत्य विधिवन्मुनिम् ॥ देवा ऊचुः ॥ देवर्षे भगवन्साधो कैलासं व्रज सत्वरम् ॥ ३९ ॥ विज्ञप्तु-
मर्हसे देवमन्धकस्य वधे हरम् ॥ त्राणार्थं नारदं प्रोचुस्तांस्तथेति स चोक्तवान् ॥ ४० ॥ ऋषिष्वथ प्रयातेषु तत्कार्यं नारदो मुनिः ॥ विचार्य मनसा
विद्वानिति कार्यं स दृष्टवान् ॥ ४१ ॥ स देवदेवं भगवान्द्रष्टुं मुनिरथाययौ ॥ मन्दारवनमध्यस्थो यत्र नित्यो वृषध्वजः ॥ ४२ ॥ स तत्र रजनी-
मेकामुषित्वा मुनिसत्तमः ॥ मन्दाराणां वने रम्ये दयितः शूलपाणिनः ॥ ४३ ॥ आजगाम पुनः स्वर्गं लब्ध्वाऽनुज्ञां वृषध्वजात् ॥ मन्दारपुष्पैः
सुकृतां मालामाबध्य भारत ॥ ४४ ॥ ग्रथितां सविशेषां तां सर्वगन्धोत्तमोत्तमाम् ॥ सन्तानमाल्यमादाय तैरेव कुसुमैः कृतम् ॥ ४५ ॥ तच्च कण्ठे
समासज्य महागन्धं नराधिप ॥ आययावन्धको यत्र दुरात्मा बलदर्पितः ॥ ४६ ॥ अन्धकस्त्वथ तं दृष्ट्वा गन्धमाघ्राय चोत्तमम् ॥ सन्तानकानां

वे लोग परस्पर मंत्रणा कर रहे थे, उसी समय देवर्षि नारद आकाशमण्डलसे आते दिखायी पड़े ॥ ३८ ॥ उन मुनियोंने नारदजीका समुचित सत्कार करके सब वृत्तान्त कह सुनाया और
कहा—हे देवर्षि ! आप शीघ्र कैलास जाइए ॥ ३९ ॥ वहाँ आप शिवजीको वस्तुस्थिति बताकर जगत्त्राणके निमित्त अन्धकासुरके वधके लिए उन्हें प्रेरित करिए । मुनियोंकी बात
सुनकर देवर्षिने 'तथास्तु' कहा ॥४०॥ ऋषियोंके चले जानेपर देवर्षि नारदने अनेक प्रकारसे विवेचना करनेके बाद एक अच्छा उपाय सोच लिया और तत्काल महादेवजीका साक्षात्कार
करनेके लिए कैलासको चल पड़े । भगवान भूतभावन सदा मन्दारवनमें निवास करते थे । वहाँ जाकर शंकरजीके मित्र नारद एक रात्रि रहे । दूसरे दिन शिवजीसे अनुमति लेकर वे पुनः
स्वर्गलोकमें आ उपस्थित हुए । आते समय मन्दारपुष्पनिर्मित एक माला अपने साथ लिये आये थे ॥ ४१–४५ ॥ सो वह अतिशय सुगन्धित माला पहनकर वे बलदर्पित दुरात्मा अन्ध-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कासुरके पास गये ॥ ४६ ॥ दुष्ट अन्धकने वह माला देख तथा उसकी मनोहर सुगन्धि सूँघकर देवर्षि नारदसे पूछा—मुनिवर ! ऐसी मनोहर पुष्पमाला आपको कहाँ मिली ? इसका सुन्दर वर्ण तथा इसकी मनमोहिनी सुगन्धि मुझे बारम्बार उत्तेजित कर रही है । यह माला अपने वर्ण और सुगन्धिसे स्वर्गीय कुसुम पारिजातका भी अतिक्रमण कर गयी है ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ यह फूल कहाँ मिलता है ? उस वृक्षका स्वामी कौन है ? और इसे कौन ला सकता है ? यदि मुझपर आपका अनुग्रह हो तो कृपा करके बतला दीजिए ॥ ४९ ॥ हे महाराज ! उसकी बात सुनकर नारदजी मुसकाये और उसका दाहिना हाथ पकड़कर कहा—॥५०॥ मन्दर पर्वतके ऊपर कामगम नामका एक बहुत सुन्दर बगीचा है । यह पुष्परत्न उसी उपवनकी विभूति है और वह उपवन शूलपाणि शंकर भगवानकी अपनी मौलिक रचना है ॥ ५१ ॥ महादेवजीकी अनुमतिके बिना किसीको भी उस उपवनमें जानेका अधिकार नहीं है । विविध शस्त्रास्त्र-

स्रग्मालां महागन्धां महामुने ॥ ४७ ॥ कुत्रायं पुष्पजातिर्वा कमनीया तपोधन ॥ गान्धान्वर्णाञ्शुभांस्तान्हि भोः पुष्यति मुहुर्मुहुः ॥ स्वर्गे सन्तानकुसुमान्यतिवर्तति सर्वथा ॥ ४८ ॥ कः प्रभुस्तस्य वृक्षस्य शक्यं वाऽऽनयितुं मुने ॥ आचक्ष्व यद्यनुग्राह्या वयं ते देवतातिथे ॥ ४९ ॥ तमुवाच मुनिश्रेष्ठः प्रहसन्निव भारत ॥ आदाय दक्षिणे हस्ते महतस्तपसो निधिः ॥ ५० ॥ मन्दरे पर्वतश्रेष्ठे वीर कामगमं वनम् ॥ तत्र चैवंविधं पुष्पं भोः सृष्टिः शूलपाणिनः ॥ ५१ ॥ न तु तत्र वनं कश्चिदच्छन्देन महात्मनः ॥ प्रवेष्टुं लभते तद्धि रक्षन्ति प्रवरोत्तमाः ॥ ५२ ॥ नानाप्रहरणा घोरा नानावेषा दुरासदाः ॥ अवध्या सर्वभूतानां महादेवाभिरक्षिताः ॥ ५३ ॥ नित्यं प्रक्रीडते तत्र सोमः सप्रवरो हरः ॥ मन्दारद्रुमखण्डेषु सर्वात्मा सर्वभावनः ॥५४॥ तपोविशेषैराराध्य हरं त्रिभुवनेश्वरम् ॥ शक्यं मन्दारपुष्पाणि प्राप्तुं कश्यपवंशज ॥ ५५ ॥ स्त्रीरत्नमणिरत्नानि यानि चान्यानि चाप्यथ ॥ काङ्क्षितानि फलन्ति स्म ते द्रुमा हरवल्लभाः ॥ ५६ ॥ न तत्र सूर्यः सोमोऽथ तपत्यतुलविक्रमः ॥ स्वयंप्रभं तरुवनं तद्धो दुःखविवर्जितम् ॥५७॥ तत्र गन्धान्स्रवन्त्यन्ये नीराण्यन्ये महाद्रुमाः ॥ वासांसि विविधान्यन्ये सुगन्धीनि महाबल ॥ ५८ ॥ भक्ष्यं भोज्यं च पेयं च चोष्यं लेह्यं तथैव च ॥ तरुभ्यः स्रवते तेभ्यो विविधं मनसेप्सितम् ॥५९॥ पिपासा वा बुभुक्षा वा ग्लानिश्चिन्ताऽपि वाऽनघ ॥ न मन्दारवने वीर भवती-

धारी एवं विविधवेषधारी दुर्दान्त प्रमथगण सदा उसकी रखवाली करते हैं । शिवजीके द्वारा संरक्षित रहनेके कारण वे प्रमथगण सब लोगोंसे अवध्य हैं ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ भगवान सोमदेव अपने गणोंके साथ वहाँ नित्य विराजमान रहते हैं और मन्दार वृक्षोंकी झुरमुटमें विचरते हैं । उन सर्वात्मा तथा त्रिभुवनेश्वर शंकर भगवानको तपस्या द्वारा प्रसन्न किये बिना मन्दार-पुष्प प्राप्त होनेकी कोई सम्भावना नहीं है ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ उस मन्दार वृक्षसे स्त्रीरत्न, मणिरत्न तथा अन्य कोई भी वस्तु माँगीं जाय तो प्राप्त हो जाती है ॥ ५६ ॥ यद्यपि वहाँ सूर्य-चन्द्रकी दीप्ति नहीं पहुँचती, फिर भी वह अपने ही प्रकाशसे प्रकाशमान तथा सुखका सागर बना रहता है ॥ ५७ ॥ वहाँ किसी वृक्षसे सुगन्धि, किसी वृक्षसे वस्त्र, किसी-किसी वृक्षसे नाना प्रकारके सुगन्धित वस्त्र और किसी-किसी वृक्षसे चर्व्य, चोष्य, लेह्य तथा पेय प्रभृति विविध आहार आदि सभी इच्छित वस्तुयें प्राप्त हो जाती हैं ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ वहाँ क्षुधा,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तृष्णा, चिन्ता या ग्लानि ये सब बाधायें नहीं रहतीं । ६० ।। यदि मैं सौ वर्ष भी इस उपवनके महान गुणोंका वर्णन करता रहूँ, फिर भी वह पूर्ण न हो सकेगा । कामवनके गुणों
तथा स्वर्गके गुणोंमें बहुत बड़ा अन्तर है । उसके समस्त स्वर्गादि लोक तुच्छ हैं ।। ६१ ।। हे दैत्यसत्तम ! जो व्यक्ति एक दिन भी उस उपवनमें रह ले, वह इन्द्रसमेत सब लोकोंको
परास्त कर सकता है ।। ६२ ।। फलतः वह स्थान स्वर्गका स्वर्ग और सुखोंका सुखस्वरूप है । मुझे तो ऐसा लगता है कि संसारमें वैसा सुखदायक स्थान और कहीं भी नहीं है ।।६३।।
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाशीतितमोऽध्यायः ।। ८८ ।।

(भगवान शंकरके द्वारा अन्धकवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवर्षि नारदके मुखसे यह वृत्तान्त सुनकर अन्धकासुरने मन्दरपर्वतपर जानेका निश्चय किया ।। १ ।।
तदनुसार अन्यान्य दैत्योंको साथ लेकर बहुत क्रोधपूर्वक वह शिवजीकी निवासभूमि मन्दरपर्वतकी ओर चल पड़ा ।। २ ।। वह पर्वत सदा बादलोंसे ढँका रहता था । उसपर कितने सिद्ध

त्युपधार्यताम् ।।६०।। न ते वर्णयितुं शक्या गुणा वर्षशतैरपि ।। गुणा ये तत्र वर्द्धन्ते स्वर्गाद्बहुगुणोत्तराः ।। ६१ ।। अतीव हि जयेल्लोकान्स महेन्द्रान्
संशयः ।। एकाहमपि यस्तत्र वसेच्च दितिजोत्तम ।। ६२ ।। स्वर्गस्यापि हि तत्स्वर्गं सुखानामपि तत्सुखम् ।। बभूव जगतः सर्वमिति मे धीयते मनः
।। ६३ ।। इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अन्धकवधे अष्टाशीतितमोऽध्यायः ।। ८८ ।।

वैशम्पायन उवाच ।। अन्धको नारदवचः श्रुत्वा तत्त्वेन भारत ।। मन्दरं पर्वतं गन्तुं मनो दध्रे महासुरः ।। १ ।। सोऽसुरान्सुमहातेजाः समा-
नीय महाबलः ।। जगाम मन्दरं क्रुद्धो महादेवालयं तदा ।। २ ।। तं महाभ्रप्रतिच्छन्नं महौषधिसमाकुलम् ।। नानासिद्धसमाकीर्णं महर्षिगणसेवितम्
।। ३ ।। चन्दनागुरुवृक्षाढ्यं सरलद्रुमसंकुलम् ।। किन्नरोद्गीतरम्यं च बहुनागकुलाकुलम् ।। ४ ।। वातोद्धूतैर्वनैः फुल्लैर्नृत्यन्तमिव च क्वचित् ।। प्रस्रुतै-
र्धातुभिश्चित्रैर्विलिप्तमिव च क्वचित् ।। ५ ।। पक्षिस्वनैः सुमधुरैर्नदन्तमिव च क्वचित् ।। हंसैः शुचिपदैः कीर्णं संपतद्भिरितस्ततः ।। ६ ।। महाब-
लैश्च महिषैश्चरद्भिर्दैत्यनाशनैः ।। चन्द्रांशुविमलैः सिंहैर्भूषितं हेमसंचयम् ।। ७ ।। मृगराजसमाकीर्णं मृगवृन्दनिषेवितम् ।। स मन्दरं गिरिं प्राह
रूपिणं बलदर्पितः ।। ८ ।। वेत्सि त्वं हि यथाऽवध्यो वरदानादहं पितुः ।। मम चैव वशे सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम् ।। ९ ।। प्रतियोद्धुं न मां कश्चि-

तथा कितने महर्षि निवास करते थे, इसकी कोई सीमा नहीं थी ।।३।। उसपर चारों ओर चन्दन, अगुरु, साल और नाना प्रकारकी औषधियोंके वृक्ष विद्यमान थे । वहाँके किसी स्थानपर
किन्नरोंका गीत होता था और किसी स्थानपर सर्पोंका झुण्ड भ्रमण कर रहा था ।। ४ ।। कहीं-कहीं वह पुष्पित वन वायुके झोंकेसे ऐसे झूमता था कि मानो वह पर्वत ही नाच रहा हो ।
कहीं सुन्दर पैरोंवाले हंस इधर-उधर विचर रहे थे ।। ५ ।। ६ ।। कहीं दैत्योंके विनाशक बलवान् भैंसे, कहीं चन्द्रमा जैसे श्वेतवर्णके सिंहोंका समुदाय और कहीं दलबद्ध मृगोंका
झुण्ड विचर रहा था । उस बलदर्पित अन्धकासुरने वहाँ पहुँचकर मूर्तरूपमें सम्मुख उपस्थित मन्दरपर्वतका सम्बोधित करके कहा—।। ७ ।। ८ ।। हे भूधर ! तुम्हें यह मालूम है कि
मैं अपने पिताके वरदानसे सब लोगों द्वारा अवध्य हो गया हूँ । सारी त्रिलोकीके चराचर जीव मेरे अधीन रहते हैं ।। ९ ।। भयवश कोई भी मेरे साथ संग्राम करनेके लिए आगे नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

बढ़ता । मैंने सुना है कि तुम्हारे किसी शिखरपर पारिजातवन विराजमान है । उस वनके पुष्प इच्छित फल देते हैं ॥ १० ॥ अतएव यदि तुम कहो तो मैं उस वनको अपने घर ले जाकर उसका आनन्द लूँ । मैं उसके लिए विलम्ब नहीं करना चाहता। और फिर तुम क्रुद्ध होकर ही मेरा क्या कर लोगे ? ॥११॥ क्योंकि यदि मैं उपद्रव करने लगूँ तो तुम्हारा कोई रक्षक भी तो नहीं है । हे महाराज ! महान् असुर अन्धकके वचन सुनकर मन्दर पर्वत तत्काल अलक्षित हो गया ॥१२॥ तब वरदर्पित अन्धक अत्यधिक कुपित होकर बड़ी जोरसे गर्जन करता हुआ बोला—॥१३॥ हे मन्दर ! मैंने तुमसे प्रार्थना की थी । फिर भी जब तुमने मेरी बात नहीं मानी तो अब तुम्हारा निस्तार नहीं है । अब तुम मेरा पराक्रम देखो । मैं अभी तुम्हें चूर कर दूँगा ॥ १४ ॥ ऐसा कहकर उस दैत्यने पर्वतका एक शिखर उखाड़ लिया और उसे उसी पर्वतके स्कन्धप्रदेशमें पटककर चूर्ण कर दिया ॥ १५ ॥ अन्यान्य दानव भी उसकी

दिच्छत्यपि गिरे भयात् ॥ पारिजातवनं चास्ति तव सानौ महागिरे ॥ सर्वकामप्रदैः पुष्पैर्भूषितं रत्नमुत्तमम् ॥ १० ॥ तदाचक्ष्वोपभोक्ष्यामि तद्वनं तव सानुजम् ॥ किं करिष्यसि क्रुद्धस्त्वं मनो हि त्वरते मम ॥११॥ त्रातारं नानुपश्यामि मया खल्वर्दितस्य ते ॥ इत्युक्तो मन्दरस्तेन तत्रैवान्तरधीयत ॥ १२ ॥ ततोऽन्धकोऽतिरुषितो वरदानेन दर्पितः ॥ मुमोच नादं सुमहदिदं वचनमब्रवीत् ॥ १३ ॥ मया वै त्वं याच्यमानो यस्मान्न बहु मन्यसे ॥ अहं चूर्णीकरोमि त्वां बलं पर्वत पश्य मे ॥ १४ ॥ एवमुक्त्वा गिरेः शृङ्गमुत्पाट्य बहुयोजनम् ॥ निष्पिपेष गिरेस्तस्य शृङ्गेष्वन्यत्र वीर्यवान् ॥१५॥ स इतैरसुरैः सर्वैर्वरदानेन दर्पितः ॥ तं प्रच्छन्ननदीजालं भज्यमानं महागिरिम् ॥१६॥ विदित्वा भगवान्रुद्रश्चकारानुग्रहं गिरेः ॥ सविशेषतरं वीरं मत्तद्विपमृगायुतम् ॥ १७ ॥ नदीजालैर्बहुतरैराचितं चित्रकाननम् ॥ नभश्च्युतैः पुरा यद्वत्तद्वदेव विराजते ॥ १८ ॥ अथ देवप्रभावेण शृङ्गाण्युत्पाटितानि तु ॥ क्षिप्तानि चासुरानेव घ्नन्ति वीराणि भारत ॥ १९ ॥ क्षिप्त्वा ये प्रपलायन्ते शृङ्गाणि तु महासुराः ॥ शृङ्गैस्तैस्तैः स्म वध्यन्ति पर्वतस्य जनाधिप ॥ २० ॥ ये स्वस्थास्त्वसुरास्तत्र तिष्ठन्ति गिरिसानुषु ॥ शृङ्गैस्तेन स्म वध्यन्ते मन्दरस्य महागिरेः ॥ २१ ॥ ततोऽन्धकस्तदा दृष्ट्वा सेनां तां मर्दितां तथा ॥ रुषितः सुमहानादं नर्दित्वैवं तदाऽब्रवीत् ॥ २२ ॥ आह्वये तं वनं यस्य युद्धार्थमुपतिष्ठतु ॥ किं त्वयाऽचल युद्धेन हताः स्म छद्मना रणे ॥ २३ ॥ एवमुक्ते त्वन्धकेन वृषभेण सहेश्वरः ॥ संप्राप्तः शूलमुद्यम्य देवोऽन्धकजिघांसया ॥२४॥ प्रम-

सहायता करने लगे । उस पर्वतपर अनेक नदियाँ प्रच्छन्नभावसे बहती थीं ॥१६॥ गिरिवर मन्दरको इस प्रकार विदीर्ण होते देखकर भगवान शंकरको दया आ गयी । उनका अनुग्रह होते ही मत्त मातंग, विचित्र वन तथा स्वर्गागत नदियोंसे विराजित पर्वत पुनः अपना पूर्वावस्थाको प्राप्त हो गया ॥ १७ ॥ १८ ॥ अब असुरगण जिस शिखरको उत्पाटित करके फेंकने लगे, वह उत्पाटित शृङ्ग गिरकर उन असुरोंका ही संहार करने लगा ॥१९॥ जिन शिखरोंको दैत्य उठाकर फेंकते हुए भागते थे, वे ही उन दैत्योंके काल बन जाते थे ॥२०॥ भयवश जो दैत्य किसी कन्दरामें छिपकर स्वस्थ रह जाते, उन्हें कोई अन्य शिखर आकर चूर्ण कर देता था ॥२१॥ इस प्रकार अपनी सेनाकी दुर्दशा देख अन्धक अत्यधिक कुपित होकर बड़ी जोरसे गर्जन करता हुआ बोला—॥ २२ ॥ मैं उस पारिजातवनके स्वामीको बुला रहा हूँ । वह युद्धके लिए शीघ्र मेरे सम्मुख आ उपस्थित हो । हे पर्वतवर ! तुम छलपूर्वक मेरी सेनाको क्यों पीस रहे हो ?

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ २३ ॥ अन्धकासुरके ऐसा कहनेपर भूतगणोंके ईश्वर श्रीशंकर भगवान उसका वधकरनेके लिए अपने नन्दी बैलपर सवार हुए और हाथमें त्रिशूल लेकर प्रथमगणों तथा भूतोंके साथ वहाँ आ उपस्थित हुए ॥२४॥२५॥ शिवजीके कुपित होनेपर तीनों लोक काँप उठे, नदियोंका जल खौलने लगा और वे विपरीत दिशामें बहने लगीं ॥२६॥ शंकरजीके तेजसे दसों दिशाओंमें आग लग गयी। मार्ग बदल जानेसे सभी ग्रह परस्पर टकराकर लड़ने लगे ॥ २७ ॥ संसारके सभी पर्वत कम्पित हो उठे। बादलोंसे धूमयुक्त अंगारोंकी वर्षा होने लगी ॥ २८ ॥ सूर्यदेवकी प्रभा शीतल तथा चन्द्रमाकी किरणें उष्ण हो गयीं और वेदोंके स्वाध्यायी मुनियोंको वैदिक मंत्र विस्मृत होने लगे ॥ २९ ॥ घोड़ीके गर्भसे गायके बछड़े तथा गायकी कोखसे बछेड़े उत्पन्न होने लगे। बिना काटे वृक्ष धराशायी होकर स्वतः भस्म होने लगे ॥ ३० ॥ वृषभगण सगर्भा गौओंपर उत्पात मचाने लगे और गौओंने वृषभोंपर चढ़ाई कर

थानां गणैर्धीमान्वृतो वै बहुलोचनः ॥ तथा भूतगणैश्चैव धीमान्भूतगणेश्वरः ॥ २५ ॥ प्रचकम्पे ततः कृत्स्नं त्रैलोक्यं रुषिते हरे ॥ सिन्धवश्च प्रतिस्रोतमूहुः प्रज्वलितोदकाः ॥ २६ ॥ जग्मुर्दिशोऽभिदाहाश्च सर्वे ते हरतेजसा ॥ युयुधुश्च ग्रहाः सर्वे विपरीता जनाधिप ॥ २७ ॥ चेलुश्च गिरयस्तत्र काले कुरुकुलोद्वह ॥ प्रववर्षाथ पर्जन्यः सधूमाङ्गारवृष्टयः ॥ २८ ॥ उष्णभाश्चन्द्रमाश्चासीत्सूर्यः शीतप्रभस्तथा ॥ न ब्रह्म विविदुस्तत्र मुनयो ब्रह्मवादिनः ॥ २९ ॥ वडवाः सुषुवुर्गाश्च गावोऽश्वानपि चानघ ॥ पेतुर्वृक्षाश्च मेदिन्यामच्छिन्ना भस्मसात्कृताः ॥ ३० ॥ बाधन्ते वृषभा गाश्च गावश्चारुरुहुर्वृषान् ॥ राक्षसा यातुधानाश्च पिशाचाश्चापि सर्वशः ॥ ३१ ॥ विपरीतं जगद्दृष्ट्वा महादेवस्तथागतम् ॥ मुमोच भगवाञ्छूलं प्रदीप्ताग्निसमप्रभम् ॥ ३२ ॥ उत्पपात हरोत्सृष्टमन्धकोरसि दुर्धरम् ॥ भस्मसाच्चाकारोद्रौद्रमन्धकं साधुकण्टकम् ॥ ३३ ॥ ततो देवगणाः सर्वे मुनयश्च तपोधनाः ॥ शंकरं तुष्टुवुश्चैव जगच्छत्रौ निर्बाहिते ॥ ३४ ॥ देवदुन्दुभयो नेदुः पुष्पवृष्टिः पपात ह ॥ त्रैलोक्यं निर्वृतं चासीन्नरेंद्र विगतज्वरम् ॥ ३५ ॥ प्रजगुर्देवगन्धर्वा ननृतुश्चाप्सरोगणाः ॥ जेपुश्च ब्राह्मणा वेदानीजुश्च क्रतुभिस्तदा ॥ ३६ ॥ ग्रहाः प्रकृतिमापेदुरूहुर्नद्यो यथा पुरा ॥ न जज्वाल जले वह्निराशाः सर्वाः प्रसेदिरे ॥ ३७ ॥ मन्दरः पर्वतश्रेष्ठः पुनरेव रराज ह ॥ श्रिया परमया जुष्टः सर्वतेजःसमुच्छ्रयात् ॥ ३८ ॥

दी। चारों ओर राक्षस, भूत और पिशाच भ्रमण करने लगे ॥ ३१ ॥ भगवान रुद्रदेवने संसारको इस प्रकार विपरीत दशामें उपस्थित देखकर अन्धकासुरको लक्ष्य करके प्रदीप्त अनलसदृश अपना त्रिशूल चला दिया ॥३२॥ वह भीषणकाय त्रिशूल जाकर अन्धकासुरकी छातीपर लगा। जिससे साधुजनोंका कण्टक अन्धक भस्म होकर राखका ढेर बन गया ॥३३॥ उस विश्वशत्रुके समाप्त हो जानेपर देवता और मुनिगण एकत्र होकर शंकरभगवानकी स्तुति करने लगे ॥ ३४ ॥ देवताओंकी दुन्दुभियाँ बजने लगीं और पुष्प बरसने लगे। तीनों लोक आनन्दित हो उठे। अब उन्हें कोई दुःख नहीं रहा ॥ ३५ ॥ देवता तथा गन्धर्व गायन गाने लगे और अप्सरायें नाचने लगीं। ब्राह्मणगण वेदपाठ तथा यज्ञ करने लगे ॥३६॥ ग्रहगण तथा नदियाँ प्रकृतिस्थ हो गयीं। जलकी आग बुझ गयी और सभी दिशायें प्रसन्न हो उठीं ॥ ३७ ॥ मन्दराचल फिर पहलेकी तरह शोभित होने लगा। क्योंकि उसकी लुटी हुई शोभा फिर वापस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मिल गयी थी ॥ ३८ ॥ धर्मात्मा शंकरभगवान इस प्रकार इन्द्रादि देवताओंका दुःख दूर करके फिर अपने पारिजातवनमें जाकर विराजमान हो गये ॥ ३९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोननवतितमोऽध्यायः ॥ ८९ ॥

(भगवान कृष्णका जलविहार) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे भगवन् ! अत्यन्त आश्चर्यपूर्ण अन्धकवधका वृत्तान्त मैंने सुना। देवादिदेव शंकरजीने उस दैत्यका वध करके तीनों लोकोंका सन्ताप दूर कर दिया ॥१॥ अब मैं यह जानना चाहता हूँ कि भगवान विष्णुने क्यों और किस तरह निकुम्भ दैत्यके दूसरे शरीरका वध किया। कृपया यह वृत्तान्त आप मुझे सुनाइए ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—महाराज ! जब त्रिलोकीनाथ श्रीकृष्णके चरित्र सुननेके लिए आपकी इतनी प्रबल श्रद्धा है तो मुझे अवश्य सुनाना होगा ॥ ३ ॥ जब

रेमे सोमश्च भगवान्पारिजातवने हरः ॥ सुप्रत्तारान्सुरान्कृत्वा शक्रादीन्धर्मतः प्रभुः ॥ ३९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अन्धकवधे एकोननवतितमोऽध्यायः ॥ ८९ ॥

जनमेजय उवाच ॥ मुनेऽन्धकवधः श्राव्यः श्रुतोऽयं खलु भो मया ॥ शान्तिस्त्रयाणां लोकानां कृता देवेन धीमता ॥ १ ॥ निकुम्भस्य हतं देहं द्वितीयं चक्रपाणिना ॥ यदर्थं च यथा चैव तद्भवान्वक्तुमर्हति ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ श्रद्दधानस्य राजेन्द्र वक्तव्यं भवतोऽनघ ॥ चरितं लोकनाथस्य हरेरमिततेजसः ॥ ३ ॥ द्वारवत्यां निवसतो विष्णोरतुलतेजसः ॥ समुद्रयात्रा संप्राप्ता तीर्थे पिण्डारके नृप ॥ ४ ॥ उग्रसेनो नरपतिर्वसुदेवश्च भारत ॥ निक्षिप्तौ नगराध्यक्षौ शेषाः सर्वे विनिर्गताः ॥ ५ ॥ पृथग्बलः पृथग्धीमाँल्लोकनाथो जनार्दनः ॥ गोष्ठ्यः पृथक्कुमाराणां नृदेवामिततेजसाम् ॥ ६ ॥ गणिकानां सहस्राणि निःसृतानि नराधिप ॥ कुमारैः सह वार्ष्णेयै रूपवद्भिः स्वलंकृतैः ॥ ७ ॥ दैत्याधिवासं निर्जित्य यदुभिर्दृढविक्रमैः ॥ वेश्या निवेशिता वीर द्वारवत्यां सहस्रशः ॥ ८ ॥ सामान्यास्ताः कुमाराणां क्रीडानार्यो महात्मनाम् ॥ इच्छाभोग्या गुणैरेव राजन्या वेषयोषितः ॥ ९ ॥ स्थितिरेषा हि भैमानां कृता कृष्णेन धीमता ॥ स्त्रीनिमित्तं भवेद्वैरं मा यदूनामिति प्रभो ॥ १० ॥ रेवत्या चैकया सार्धं बलो रेमेऽनुकूलया ॥ चक्रवाकानुरागेण यदुश्रेष्ठः प्रतापवान् ॥ ११ ॥ कादम्बरीपानकलो भूषितो वनमालया ॥ चिक्रीड सागरजले

अमित पराक्रमी श्रीकृष्ण द्वारकामें रह रहे थे। तभी समुद्रयात्राके प्रसंगमें उन्हें पिण्डारक क्षेत्रको जानेकी इच्छा हुई ॥४॥ उस तीर्थयात्राके उपलक्ष्यमें राजा उग्रसेन तथा वसुदेवको राज्य-रक्षाका भार सौंपा गया। बाकी यादव भगवान कृष्णके साथ चल पड़े ॥ ५ ॥ उनमें भी धीमान् बलराम, लोकनायक श्रीकृष्ण तथा अन्यान्य कुमारगण स्वतंत्ररीतिसे अलग-अलग चले ॥ ६ ॥ रूपवान् तथा वस्त्राभरणसे अलंकृत कुमारोंके साथ हजारों वाराङ्गनायें भी चलीं ॥ ७ ॥ पूर्वकालमें यादवोंने दैत्योंके नगर जीत-जीतकर द्वारकापुरीमें हजारों वेश्याओंको बसा लिया था ॥८॥ वे साधारण वेश्यायें थीं। केवल यादवकुमारोंके मनोरञ्जनके लिए ही वे वहाँ रक्खी गयी थीं। पहले स्त्रियोंके लिए समय-समयपर यादवोंमें कलह उपस्थित हो जाया करता था। फिर कभी विवाद न हो, इसी विचारसे भगवान कृष्णने उन वारांगनाओंको द्वारकामें बसाया था ॥ ९ । १० ॥ सर्वश्रेष्ठ और परम प्रतापशाली बलराम एकमात्र रेवतीपर ही अनुरक्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे। रेवती तथा बलरामका प्रेम चक्रवाकके जोड़ेकी तरह अत्यन्त गाढ़ था ॥ ११ ॥ उसी समय बलरामने कादम्बरी मदिरा पान करके सुन्दर वनमाला पहनी और रेवतीके साथ समुद्रके जलमें जलकेलि करने लगे ॥ १२ ॥ इधर सर्वदर्शी तथा विश्वरूप भगवान् कृष्ण भी अपनी सोलह हजार रानियोंके साथ जलविहारमें प्रवृत्त हुए ॥ १३ ॥ उनकी सभी पत्नियोंकी अभिलाषायें पूर्ण हो चुकी थीं। अतएव वे सभी अपने-अपने मनमें सोचती थीं कि 'मैं ही सबसे अधिक भगवानको प्रिय हूँ और वे केवल मेरे ही साथ विहार करते हैं।' ॥ १४ ॥ उन सभी ललनाओंके शरीरपर सुरतके नखक्षत आदि विद्यमान थे और वे सब सुरतसे तृप्त हो गयी थीं। अतएव उनको बहुत बड़ा अभिमान था ॥ १५ ॥ प्रायः वे अपने परिजनोंके मध्यमें 'मैं उनकी सबसे अधिक प्रिय हूँ' ऐसा कहकर आत्मश्लाघा प्रकट करती हुई आनन्दमग्न हो जाया करती थीं ॥ १६ ॥ अपने कुचोंमें नखाघात एवं अधरोंमें दशनचिह्न दर्पणोंमें देखकर उनके आनन्दकी सीमा नहीं रहती थी ॥१७॥ वे सब भगवान् कृष्णका नाम लेकर उनके गुण गाने लगतीं। वे कामिनियाँ जब भगवानकी ओर निहारने लगती थीं तो ऐसा लगता था

रेवत्या सहितो बलः ॥१२॥ षोडशस्त्रीसहस्राणि जले जलजलोचनः ॥ रमयामास गोविन्दो विश्वरूपेण सर्वदृक् ॥१३॥ अहमिष्टा मया सार्द्धं जले वसति केशवः ॥ इति ता मेनिरे सर्वा रात्रौ नारायणस्त्रियः ॥ १४ ॥ सर्वाः सुरतचिह्नाङ्ग्यः सर्वाः सुरततर्पिताः ॥ मानमूहुश्च ताः सर्वा गोविन्दे बहुमानजम् ॥ १५ ॥ अहमिष्टाऽहमिष्टेति स्निग्धे परिजने तदा ॥ नारायणस्त्रियः सर्वा मुदा शश्लाघिरे शुभाः ॥ १६ ॥ करजद्विजचिह्नानि कुचाधरगतानि ताः ॥ दृष्ट्वा दृष्ट्वा जहर्षिरे दर्पणे कमलेक्षणाः ॥ १७ ॥ गोत्रमुद्दिश्य कृष्णस्य जगिरे कृष्णयोषितः ॥ पिबन्त्य इव कृष्णस्य नयनैर्वदनाम्बुजम् ॥ १८ ॥ कृष्णार्पितमनोदृष्ट्यः कान्ता नारायणस्त्रियः ॥ मनोहरतरा राजन्नभवन्नेकनिश्चयाः ॥ १९ ॥ एकार्पितमनोदृष्ट्यो नेर्ष्यां ताश्चक्रिरेऽङ्गनाः ॥ नारायणेन देवेन तर्प्यमाणमनोरथाः ॥ २० ॥ शिरांसि गर्विताऽन्यूहुः सर्वा निरवशेषतः ॥ वाल्लभ्यं केशवमयं वहन्त्यश्चारुदर्शनाः ॥ २१ ॥ ताभिस्तु सह चिक्रीड सर्वाभिर्हरिरात्मवान् ॥ विश्वरूपेण विधिना सामुद्रे विमले जले ॥ २२ ॥ उवाह सर्वगन्धाढ्यं स्वच्छं वारि महोदधिः ॥ तोयं चालवणं मृष्टं वासुदेवस्य शासनात् ॥२३॥ गुल्फदघ्नं जानुदघ्नमूरुदघ्नमथापि वा ॥ नार्यस्ता स्तनदघ्नं वा जलं समभिकाङ्क्षितम् ॥ २४ ॥ सिषिचुः केशवः पत्न्यो धीरा इव महोदधिम् ॥ सिषेच ताश्च गोविन्दो मेघः फुल्ललता इव ॥ २५ ॥ अवलम्ब्य पराः कण्ठे हरिं

कि मानों वे उन्हें पी जायँगी ॥१८॥ फलतः वे सभी नारियाँ कृष्णचिन्तन, कृष्णदर्शन एवं कृष्णज्ञानके सिवाय और कोई बात करती ही नहीं थीं ॥१९॥ उन सब रानियोंके मुखकमल समानरूपसे प्रफुल्लित रहते थे। उन्होंने अपना मन और अपनी दृष्टि भगवानको अर्पण कर दी थी। सब रानियोंके समानरूपसे तृप्त रहनेके कारण परस्पर किसीके प्रति किसीको ईर्ष्या नहीं होती थी। 'मैं भगवानकी प्रियतमा हूँ।' इस भावनाके कारण गर्वसे उन सबका मस्तक उन्नत रहता था ॥ २० ॥ २१ ॥ हे महाराज! इस प्रकार भगवान् कृष्ण विश्वरूप धारण करके अपनी पत्नियोंके साथ समुद्रमें जलविहार करने लगे। उस समय समुद्रका जल सुगन्धित तथा निर्मल हो गया था। भगवानके आदेशसे समुद्रका खारापन सर्वथा समाप्त हो चुका था ॥ २२ ॥ २३ ॥ जिस प्रकार चारों ओरसे नदियोंकी जलधारा आकर समुद्रका अभिषेक करती है, उसी प्रकार उन भगवानकी भामिनियोंमेंसे कुछ गुल्फ,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ जानु और कुछ स्तनतक पानीमें जाकर श्रीकृष्णपर जल उछालने लगीं। उसके उत्तरमें जैसे मेघ प्रफुल्लित लताओंपर वारिवर्षण करता है, उसी प्रकार भगवान कृष्ण भी उन राजरानियोंपर जल उछालने लगे ॥ २४ ॥ २५ ॥ कोई-कोई नारी भगवानके गलेसे लिपटकर कहती—'मैं गिरी, मुझे सम्हालिए' ॥ २६ ॥ उनमेंसे कुछ ललनायें वकाकृति, कुछ मयूराकृति, कुछ मीनाकृति एवं अन्यान्य सुन्दरियाँ क्रौञ्चनाग आदि विविध आकारवाली नौकाओंपर बैठकर समुद्रमें सुशोभित होने लगीं ॥ २७ ॥ २८ ॥ कुछ स्त्रियाँ अपने कुम्भोपम स्तनोंके सहारे जलमें तैरने लगीं। इन सब कौतुकोंको देखकर भगवानके आनन्दकी सीमा नहीं रही ॥ २९ ॥ महारानी रुक्मिणी भी परम आनन्दपूर्वक देवेन्द्र तुल्य पराक्रमी अपने पति श्रीकृष्णके साथ जलविहार कर रही थीं ॥ ३० ॥ उनकी अन्यान्य पत्नियाँ भी जो कार्य करनेसे पतिको प्रसन्नता हो सकती थी, वही कार्य करने लगीं। उनमेंसे कुछ स्त्रियाँ महीन वस्त्र पहने थीं। वे कमलनयनी नारियाँ अपने हाव-भाव प्रदर्शित करती हुई पतिदेवके साथ जलकेलि करने लगीं ॥ ३१ ॥ इधर भावज्ञ श्रीकृष्ण भी उन सुन्दरियोंमें जिसका

हरिणलोचनाः ॥ उपगूहस्व मां वीर पतामीत्यब्रुवन्स्त्रियः ॥ २६ ॥ काश्चित्काष्ठमयैस्तेरुः प्लवैः सर्वाङ्गशोभनाः ॥ क्रौञ्चबर्हिणनागानामाकारसदृशैः
स्त्रियः ॥ २७ ॥ मकराकृतिभिश्चान्या मीनाभैरपि चापराः ॥ बहुरूपाकृतिधरैः पुप्लुवुश्चापराः स्त्रियः ॥ २८ ॥ स्तनकुम्भैस्तथा तेरुः कुम्भैरिव तथा-
पराः ॥ समुद्रसलिले रम्ये हर्षयन्त्यो जनार्दनम् ॥२९॥ रराम सह रुक्मिण्या जले तस्मिन्मुदा युतः ॥ येनैव कार्ययोगेन रमतेऽमरसत्तमः ॥३०॥
तत्तदेव हि ताश्चक्रुर्मुदा नारायणस्त्रियः ॥ तनुवस्त्रावृतास्तन्व्यो लीलयन्त्यस्तथापराः ॥ चिक्रीडुर्वासुदेवस्य जले जलजलोचनाः ॥ ३१ ॥ यस्या
यस्यास्तु यो भावस्तां तां तेनैव केशवः ॥ अनुप्रविश्य भावज्ञो निनायात्मवशं वशी ॥ ३२ ॥ हृषीकेशोऽपि भगवान्हृषीकेशः सनातनः ॥ बभूव
देशकालेन कान्तावशगतः प्रभुः ॥ ३३ ॥ कुलशीलसमोऽस्माकं योग्योऽयमिति मेनिरे ॥ वंशरूपेण वर्तंतमङ्गनास्ता जनार्दनम् ॥ ३४ ॥ तदा
दाक्षिण्ययुक्तं तं स्मितपूर्वाभिभाषिणम् ॥ कृष्णं भार्याश्चकमिरे भक्त्या च बहु मेनिरे ॥ ३५ ॥ पृथग्गोष्ठ्यः कुमाराणां प्रकाशं स्त्रीगणैः सह ॥
अलंचक्रुर्जलं वीराः सागरस्य गुणाकराः ॥ ३६ ॥ गीतनृत्यविधिज्ञानां तासां स्त्रीणां जनेश्वर ॥ तेजसाऽव्याहतानां ते दाक्षिण्यात्तस्थिरे वशे
॥ ३७ ॥ शृण्वन्तश्चारुगीतानि तथा स्वभिनयान्यपि ॥ तूर्याण्युत्तमनारीणां मुमुहुर्यदुपुङ्गवाः ॥ ३८ ॥ पञ्चचूडां ततः कृष्णः कौबेर्यश्च वरा-

जो अभिप्राय था, तदनुरूप कार्य करके उन सबको प्रसन्न करने लगे। वे स्वयं जितेन्द्रिय होते हुए भी उस समय देश-कालकी स्थितिके अनुसार उन सुन्दरियोंके वशीभूत हो गये थे ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ वे स्त्रियाँ भी 'कुल-शील आदि सभी अंशोंमें ये मेरे अनुरूप पात्र हैं' यह सोचकर परितृप्त तथा उनके प्रति अनुरक्त हो गयी थीं ॥ ३४ ॥ फलतः मृदुहासी, मधुरभाषी तथा दाक्षिण्यगुणसम्पन्न भगवान कृष्णके प्रति उनका अनुराग असीम हो उठा था ॥ ३५ ॥ इधर यदुवंशी कुमारगण भी सुन्दरियोंके साथ जलविहार कर रहे थे। अतएव समुद्रका जल अलंकृत हो गया ॥ ३६ ॥ यद्यपि उनके साथ वे वाराङ्गनायें बलपूर्वक लायी गयी थीं। फिर भी कुमारगण उनके नृत्य, गीत तथा दाक्षिण्यगुणोंको देखकर उनपर सर्वथा अनुरक्त हो गये थे ॥ ३७ ॥ फलतः उनके गीत-वाद्य सुन तथा उत्तम अभिनय देखकर उन यदुकुमारोंके आनन्दकी सीमा नहीं रही और वे मुग्ध हो गये ॥ ३८ ॥ इसी समय भगवान कृष्णने अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वरूपके प्रतापसे पञ्चचूडा, कौबेरी तथा माहेन्द्री प्रभृति उच्चकोटिकी अप्सराओंको वहाँ बुलवा लिया ॥३९॥ वे तत्काल आ उपस्थित हुईं और हाथ जोड़कर भगवानके सम्मुख खड़ी हो गयीं। श्रीकृष्णचन्द्रने उन्हें सात्वना प्रदान करते हुए कहा—हे अप्सराओं ! तुमलोग आशंकित चित्त होकर इन यादवोंके साथ विहार करती हुई नृत्य-गीत अभिनय और वाद्यके विषयमें अपना-अपना नैपुण्य प्रदर्शित करो ॥ ४०–४२ ॥ ऐसा करनेसे मैं तुम्हारी सभी कामनायें पूर्ण कर दूँगा। क्योंकि ये यादव अपने शरीरके समान मुझे प्रिय हैं ॥ ४३ ॥ हे महाराज ! भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर अप्सराओंने उनकी आज्ञा शिरोधार्य की और यादवोंके साथ जलविहार करने लगीं ॥ ४४ ॥ जलमें उनके प्रविष्ट होते ही उनकी कान्तिछटासे समुद्र देदीप्यमान हो उठा। उस समय उन्हें देखकर ऐसा लगा कि मानो विद्युत्की चमकसे मेघमण्डल उद्भासित हो उठा हो ॥४५॥ वे अप्सरायें स्थलकी तरह जलपर स्थित होकर जलवाद्य

प्सराः ॥ माहेन्द्रीश्चानयामास विश्वरूपेण हेतुना ॥ ३९ ॥ ताः प्रोवाच प्रमेयात्मा सान्त्वयित्वा जगत्प्रभुः ॥ उत्थापयित्वा प्रणताः कृताञ्जलिपुटास्तथा ॥ ४० ॥ क्रीडायुवत्यो भैमानां प्रविशध्वमशङ्किताः ॥ मत्प्रियार्थं वरारोहा रमयध्वं च यादवान् ॥ ४१ ॥ दर्शयध्वं गुणान्सर्वान्नृत्यगीतैः रहःसु च ॥ तथाभिनययोगेषु वाद्येषु विविधेषु च ॥ ४२ ॥ एवं कृते विधास्यामि श्रेयो वो मनसेप्सितम् ॥ मच्छरीरसमा ह्येते सर्वे [illegible]शेषतः ॥ ४३ ॥ शिरसाऽऽज्ञां तु ताः सर्वाः प्रतिगृह्य हरेस्तदा ॥ क्रीडायुवत्यो विविशुर्भैमानामप्सरोवराः ॥ ४४ ॥ ताभिः प्रविष्टमात्राभिर्द्योतितः स महार्णवः ॥ सौदामिनीभिर्नभसि घनवृन्दमिवानघ ॥ ४५ ॥ ता जले स्थलवत्स्थित्वा जगुश्चाप्यथ वादयन् ॥ चक्रुश्चाभिनयं सम्यक्स्वर्गावास इवाङ्गनाः ॥ ४६ ॥ गन्धैर्माल्यैश्च ता दिव्यैर्वस्त्रैश्चायतलोचनाः ॥ हेलाभिर्हास्यभावैश्च जह्रुर्भैममनांसि ताः ॥ ४७ ॥ कटाक्षैरिङ्गितैर्हास्यैः केलिरोषैः प्रसादितैः ॥ मनोऽनुकूलैर्भैमानां समाजह्रुर्मनांसि ताः ॥ ४८ ॥ उत्क्षिप्योत्क्षिप्य चाकाशं वातस्कन्धान्बहूँश्च तान् ॥ मदिरावशगा भैमा मानयन्ति वराप्सराः ॥४९॥ कृष्णोऽपि तेषां प्रीत्यर्थं विजह्रे वियति प्रभुः ॥ सर्वैः षोडशभिः सार्द्धं स्त्रीसहस्रैर्मुदान्वितः ॥५०॥ प्रभावज्ञास्तु ते वीराः कृष्णस्यामिततेजसः ॥ न जग्मुर्विस्मयं भैमा गाम्भीर्यं परमास्थिताः ॥ ५१ ॥ केचिद्रैवतकं गत्वा पुनरायांति भारत ॥ गृहान्यन्ये वनान्यन्ये कांक्षितान्यरिमर्दन ॥ ५२ ॥ अपेयः पेयसलिलः सागरश्चाभवत्तदा ॥ आज्ञया लोकनाथस्य विष्णोरतुलतेजसः ॥५३॥ अधावन्स्थलवच्चापि जले

वादन-गायन एवं स्वर्गीय अभिनय प्रदर्शन करने लगीं ॥ ४६ ॥ उनके दिव्य गन्ध, माल्य, वस्त्र, हाव-भाव, कटाक्षविक्षेप, हास्य, कृत्रिम रोष तथा अनुनय आदि अनुपम गुणोंपर यादवगण मुग्ध हो उठे ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ जब वे यादव मदिरा पी-पीकर मस्त हो गये, तब अप्सरायें उन्हें ऊपर उठा-उठाकर क्रीडा करने लगीं ॥४९॥ तब भगवान कृष्ण भी अपनी सोलह हजार स्त्रियोंके साथ आकाशविहार करने लगे। यह कौतुक देखकर यादवोंको कुछ भी विस्मय नहीं हुआ। क्योंकि वे गम्भीर बने रहे। यादव उनके प्रभावसे पूर्ण परिचित थे ॥ ५० ॥ ५१ ॥ उस समय कुछ यादव रैवतक पर्वत, कुछ घर, कुछ वन तथा कितने अपने-अपने अभीष्ट स्थानोंपर जा-जाकर पुनः वहाँ लौट आये ॥ ५२ ॥ समुद्रका जल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नितान्त अपेय रहता है, किन्तु उस समय श्रीकृष्णके प्रभावसे वह सर्वथा पेय हो गया ॥ ५३ ॥ वे कमलनयनी स्त्रियाँ स्थलके समान जलपर दौड़ती थीं और परस्पर एक दूसरेका हाथ पकड़कर जलमें डुबकियाँ लगाती थीं ॥५४॥ वहाँ भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, पेय तथा चोष्य पदार्थोंकी कोई कमी नहीं थी। स्मरण करते ही ये वस्तुयें अनायास वहाँ जा उपस्थित होती थीं ॥५५॥ अम्लान माल्यधारिणी वे दिव्याङ्गनायें गृहसदृश नौकाओंपर देवताओंके समान सुन्दर यादवोंके साथ विहार कर रही थीं। इसी प्रकार वृष्णि तथा अन्धकवंशी यादव सायंकालको स्नान करके विविध प्रकारकी नौकाओंपर सवार हो तथा शरीरमें चन्दन आदि लगाकर परम आनन्दके साथ क्रीडा करने लगे ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ हे महाराज ! इसके पहले ही विश्वकर्माने उन नौकाओंपर विविध प्रकारके भवन बना दिये थे। उन भवनोंमें कोई-कोई भवन लम्बे, कोई चौकोर, कोई वृत्ताकार, कोई शारिफलकाकार, कोई कैलासपर्वत सदृश उत्तुङ्ग, कोई सुमेरु

जलजलोचनाः ॥ गृह्य हस्ते तथा नार्यो युक्ता मज्जंस्तथापि च ॥ ५४ ॥ भक्ष्यभोज्यानि पेयानि चोष्यं लेह्यंतथैव च ॥ बहुप्रकारं मनसा ध्याते तेषां भवत्युत ॥ ५५ ॥ अम्लानमाल्यधारिण्यस्ताः स्त्रियस्तानिन्दितान् ॥ रहःसु रमयांचक्रुः स्वर्गे देवरतानुगाः ॥ ५६ ॥ नौभिर्गृहप्रकाराभिश्चि-क्रीडुरपराजिताः ॥ स्नातानुलिप्तमुदिताः सायाह्नेऽन्धकवृष्णयः ॥ ५७ ॥ आयताश्चतुरस्राश्च वृत्ताश्चं स्वस्तिकास्तथा ॥ प्रासादा नौषु कौरव्य विहिता विश्वकर्मणा ॥ ५८ ॥ कैलासमन्दरच्छन्दा मेरुच्छन्दास्तथैव च ॥ तथा नानावयश्छन्दास्तथेहामृगरूपिणः ॥ ५९ ॥ वैदूर्यतोरणैश्चत्राश्चित्रा-भिर्मणिभक्तिभिः ॥ मसारगल्वर्कमयैश्चित्रभक्तिशतैरपि ॥ ६० ॥ आक्रीडगरुडच्छन्दाश्चित्राः कनकरीतिभिः ॥ क्रौञ्चच्छन्दाः शुकच्छन्दा गजच्छ-न्दास्तथापरे ॥ ६१ ॥ कर्णधारैर्गृहीतास्ता नावः कार्तस्वरोज्ज्वलाः ॥ सलिलं शोभयामासुः सागरस्य महोर्मिमत् ॥ ६२ ॥ समुच्छ्रितैः सितैः पोतैर्यानपात्रैस्तथैव च ॥ नौभिश्च झिल्लिकाभिश्च शुशुभे वरुणालयः ॥ ६३ ॥ पुराण्याकाशगानीव गन्धर्वाणामितस्ततः ॥ बभ्रमुः सागरजले भैमयानानि सर्वतः ॥ ६४ ॥ नन्दनच्छन्दयुक्तेषु यानपात्रेषु भारत ॥ नन्दनप्रतिमं सर्वं विहितं विश्वकर्मणा ॥ ६५ ॥ उद्यानानि सभावृक्षा दीर्घिकाः स्यन्दनानि च ॥ निवेशितानि शिल्पानि तादृशान्येव सर्वथा ॥६६॥ स्वर्गच्छन्देषु चान्येषु समासात्स्वर्गसन्निभाः ॥ नारायणाज्ञया वीर विहिता विश्वकर्मणा ॥ ६७ ॥ वनेषु रुरुवुर्हृद्यं मधुरं चैव पक्षिणः ॥ मनोहरतरं चैव भैमानामतितेजसाम् ॥ ६८ ॥ देवलोकोद्भवाः श्वेता विलेपुः कोकिला-

पर्वताकार, कोई भवन पक्षी सदृश, कोई मृगाकार, कोई चित्रलिखित गरुडाकार, कोई क्रौञ्चाकार, कोई शुकाकार और कोई-कोई घर गजाकार बने थे ॥ ५८–६१ ॥ कर्णधारगण उन नौकाओंको दृढ़तापूर्वक काबूमें किये हुए थे। अतएव वे स्वर्णसमुज्ज्वल नौकायें तरङ्गमालासंकुल समुद्रके जलमें बहुत ही सुन्दर लग रही थीं ॥ ६२ ॥ फलतः जलकेलि योग्य नौका, सामग्रीसम्भारयुक्त नौका तथा गृह आदिसे युक्त नौकाओंसे समुद्रकी शोभा असीम हो उठी ॥ ६३ ॥ जब दिव्य सम्पदाओंसे परिपूर्ण वे नौकाएँ चालकों द्वारा चालित होने लगीं, तब ऐसा लगने लगा कि मानो गन्धर्वोंके विमान समुद्रके जलमें तैर रहे हैं ॥ ६४ ॥ भगवान कृष्णकी आज्ञासे देवशिल्पी विश्वकर्माने नदनवनके समान उन सभी जलयानोंपर उद्यान, वृक्ष, सभा, बावलियें तथा रथप्रभृति शिल्पकार्योंका इस प्रकार सन्निवेश किया था कि वे स्वर्गीय सामग्रियोंसे किसी प्रकार न्यून नहीं थे ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ उन नौकाओंपर निर्मित वनोंमें पक्षी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मधुर बोली बोलने लगे । देवलोकमें उत्पन्न श्वेत रंगके कोकिल मधुर, विचित्र तथा यादवोंका मन मोहनेवाली कूहूकी ध्वनि करने लगे ॥ ६७–६९ ॥ मयूरगण चन्द्रमाके समान धवल भवनोंपर बैठकर अति मधुर केकारव करने और मयूरियोंके साथ नाचने लगे । इस प्रकार यादवोंका आनन्दस्रोत अप्रतिहतरूपसे प्रवाहित होने लगा ॥७०॥ उन जलयानोंकी पताकाओंको विविध प्रकारके पक्षियोंसे सजाया गया था । उनमें जो मालायें टँगी थीं, उनपर भौंरे मँडराते हुए गुंजार करने लगे ॥७१॥ भगवानकी आज्ञासे वृक्ष प्रचुरमात्रामें सब ऋतुओंके पुष्प प्रदान करने लगे ॥ ७२ ॥ श्रमशान्तिकारक तथा सुखकर समीर मन्द-मन्द गतिसे बहने लगा । वह वायु चन्दनरस तथा विविध पुष्पोंका रज साथ लिये हुए बह रहा था ॥ ७३ ॥ उन वृष्णि तथा अन्धकवंशी यादवोंकी जब जैसी रुचि होती थी, तब वैसी शीत तथा उष्ण हवा बहती थी ॥ ७४ ॥ चक्रपाणि कृष्णभगवानके प्रभावसे उस समय यादवोंको क्षुधा, तृष्णा, श्रम, चिन्ता और शोक कुछ भी कष्ट नहीं था ॥ ७५ ॥ उस जलविहारके अवसरपर बराबर धारावाहिकरूपसे नृत्य, गीत तथा वाद्योंकी मधुर ध्वनि गूँज रही थी ॥ ७६ ॥ हे महाराज ! इस

स्तदा ॥ मधुराणि विचित्राणि यदूनां काङ्क्षितानि च ॥ ६९ ॥ चन्द्रांशुसमरूपेषु हर्म्यपृष्ठेषु बर्हिणः ॥ ननृतुर्मधुरारावाः शिखण्डिगणसंवृताः ॥ ७० ॥ पताका यानपात्राणां सर्वाः पक्षिगणायुताः ॥ भ्रमरैरुपगीताश्च स्रग्दामासक्तवासिभिः ॥ ७१ ॥ नारायणाज्ञया वृक्षा पुष्पाणि मुमुचुर्भृशम् ॥ ऋतवश्चारुरूपाणि विहायसि गतास्तथा ॥ ७२ ॥ ववौ मनोहरो वातो रतिखेदहरः सुखः ॥ रजोभिः सर्वपुष्पाणां पृक्तश्चन्दनशैत्यभृत् ॥ ७३ ॥ शीतोष्णमिच्छतां तत्र बभूव वसुधापते ॥ वासुदेवप्रसादेन भैमानां क्रीडतां तदा ॥ ७४ ॥ न क्षुत्पिपासा न ग्लानिर्न चिन्ता शोक एव च ॥ आविवेश तदा भैमान्प्रभावाच्चक्रपाणिनः ॥ ७५ ॥ अप्रशान्तमहातूर्या गीतनृत्योपशोभिताः ॥ बभूवुः सागरक्रीडा भैमानाममतितेजसाम् ॥ ७६ ॥ बहुयोजनविस्तीर्णं समुद्रं सलिलाशयम् ॥ रुद्ध्वा चिक्रीडुरिन्द्राभा भैमाः कृष्णाभिरक्षिताः ॥ ७७ ॥ परिच्छदस्यानुरूपं यानपात्रं महात्मनः ॥ नारायणस्य देवस्य विहितं विश्वकर्मणा ॥ ७८ ॥ रत्नानि यानि त्रैलोक्ये विशिष्टानि विशाम्पते ॥ कृष्णस्य तानि सर्वाणि यानपात्रेऽतितेजसः ॥ ७९ ॥ पृथक्पृथग्भवनवासाश्च स्त्रीणां कृष्णस्य भारत ॥ मणिवैदूर्यचित्रास्ताः कार्तस्वरविभूषिताः ॥ ८० ॥ सर्वर्तुकुसुमाकीर्णाः सर्वगन्धाधिवासिताः ॥ यदुसिंहैः शुभैर्जुष्टाः शकुनैः स्वर्गवासिभिः ॥ ८१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि नवतितमोऽध्यायः ॥ ९० ॥

प्रकार इन्द्रसदृश तेजस्वी वे यादव भगवान कृष्णके द्वारा सुरक्षित होकर बहुयोजन विस्तीर्ण समुद्रको घेरकर जलविहार कर रहे थे ॥ ७७ ॥ देवशिल्पी विश्वकर्माने सोलह हजार स्त्रियोंके अनुरूप उन जलयानोंका निर्माण किया था ॥ ७८ ॥ तीनों लोकमें जितने भी उत्कृष्ट रत्न थे, वे सब उन नौकाओंमें आकर एकत्र हो गये थे ॥ ७९ ॥ भगवानकी पत्नियोंमेंसे एक-एक पत्नीके लिए स्वतन्त्ररूपसे एक-एक रनिवास अलग-अलग बना हुआ था । वे सभी भवन वैदूर्यमणि, उत्कृष्ट सुवर्ण तथा सभी ऋतुओंमें उत्पन्न होनेवाले पुष्पोंसे सुसज्जित थे और उनमेंसे नानाप्रकारकी सुगन्धि आती रहती थी । वे यादव भी स्वर्गवासियोंके साथ सम्मिलित होकर महान् आनन्द लेने लगे ॥ ८० ॥ ८१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां नवतितमोऽध्यायः ॥ ९० ॥

८३

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(छालिक्य संगीत) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इधर आजानुबाहु बलराम भी कादम्बरी मदिरा पान करके रेवतीके साथ हास-परिहास करते हुए आनन्द लेने लगे ॥ १ ॥ उनके सब अङ्गोंमें चन्दन लगा हुआ था। उनका परिधान नीलाम्बर, नेत्र रक्तवर्ण, शरीरका वर्ण चन्द्रकिरणोंके समान शुभ्र, बायें कानमें अतिशय सुन्दर कुंडल, दहिने कानमें मनोहर कमलपुष्पका आभूषण, टेढ़ी चितवन तथा मुख बहुत ही सुन्दर था ॥ २ ॥ ३ ॥ जब वे रेवतीके साथ जलविहार कर रहे थे, उसी समय कंस तथा निकुम्भके शत्रु श्रीकृष्णकी आज्ञा पाते ही अप्सरायें रेवतीका दर्शन करनेके लिए बड़े आनन्दपूर्वक स्वर्गीय सम्पदाओंसे अलंकृत होकर समुद्रतटपर जा पहुँचीं ॥ ४ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने बलराम तथा रेवतीको

वैशम्पायन उवाच ॥ रेमे बलश्चन्दनपङ्कदिग्धः कादम्बरीपानकलः पृथुश्रीः ॥ रक्तेक्षणो रेवतिमाश्रयित्वा प्रलम्बबाहुर्ललितप्रयातः ॥ १ ॥
नीलाम्बुदाभे वसने वसानश्चन्द्रांशुगौरो मदिराविलाक्षः ॥ रराज रामोऽम्बुदमध्यमेत्य संपूर्णबिम्बो भगवानिवेन्दुः ॥ २ ॥ वामैककर्णामलकु-
ण्डलश्रीः स्मरन्मनोज्ञाब्जकृतावतंसः ॥ तिर्यक्कटाक्षं प्रियया मुमोद रामो मुखं चार्वभिवीक्षमाणः ॥ ३ ॥ अथाज्ञया कंसनिकुम्भशत्रोरुदाररूपो-
ऽप्सरसां गणः सः ॥ द्रष्टुं मुदा रेवतिमाजगाम वेलालयं स्वर्गसमानमृद्ध्या ॥ ४ ॥ तां रेवतीं चाप्यथ वाऽपि रामं सर्वा नमस्कृत्य वराङ्गयष्ट्यः ॥
वाद्यानुरूपं ननृतुः सुगात्र्यः समन्ततोऽन्या जगिरे च सम्यक् ॥ ५ ॥ चक्रुस्तथैवाभिनयेन रङ्गं यथावदेषां प्रियमर्थयुक्तम् ॥ हृद्यानुकूलं च
बलस्य तस्य तथाज्ञया रैवतराजपुत्र्याः ॥ ६ ॥ चक्रुर्हसन्त्यश्च तथैव रासं तद्देशभाषाकृतिवेषयुक्ताः ॥ सहस्ततालं ललितं सलीलं वराङ्गना मङ्गल-
संभृताङ्ग्यः ॥ ७ ॥ संकर्षणाधोक्षजनन्दनानि संकीर्तयन्त्योऽथ च मंगलानि ॥ कंसप्रलम्बादिवधं च रम्यं चाणूरघातं च तथैव रंगे ॥ ८ ॥ यशोदया
च प्रथितं यशोऽथ दामोदरत्वं च जनार्दनस्य ॥ वधं तथारिष्टकधेनुकाभ्यां व्रजे च वासं शकुनीवधं च ॥ ९ ॥ तथा च भग्नौ यमलार्जुनौ तौ
सृष्टिं वृकाणामपि वत्सयुक्ताम् ॥ स कालियो नागपतिर्हृदे च कृष्णेन दान्तश्च यथा दुरात्मा ॥ १० ॥ शङ्खह्रदादुद्धरणं च वीर पद्मोत्पलानां
मधुसूदनेन ॥ गोवर्द्धनोऽर्थे च गवां धृतोऽभूद्यथा च कृष्णेन जनार्दनेन ॥ ११ ॥ कुब्जां यथा गन्धकपीषिकां च कुब्जत्वहीनां कृतवांश्च कृष्णः ॥
अवामनं वामनकं च चक्रे कृष्णो यथात्मानमजोऽप्यनिन्द्यः ॥ १२ ॥ सौभप्रमाथं च हलायुधत्वं वधं मुरस्याप्यथ देवशत्रोः ॥ गन्धारकन्यावहने
नृपाणां रथे तथा योजनमूर्जितानाम् ॥ १३ ॥ ततः सुभद्राहरणे जयं च युद्धे च बालाहकजम्बुमाले ॥ रत्नप्रवेकं च युधार्जितैर्यत्समाहृतं शक्र-

नमस्कार किया। तदनन्तर उनमेंसे कुछ वाद्यके लयपर नाचने लगीं और कुछने गायन आरम्भ कर दिया ॥५॥ तत्पश्चात् बलराम तथा रेवतीकी अनुमति पाकर उनके मनोरञ्जनार्थ अपनी-अपनी शिक्षाके अनुसार विविध हाव-भाव प्रदर्शित करती हुई गाने लगीं ॥६॥ कुछ अप्सरायें उस प्रदेशके अनुरूप वेष-भूषासे सुसज्जित होकर ताली बजाती हुई नृत्य करने लगीं ॥ ७ ॥ कुछ अप्सरायें कृष्ण तथा बलरामके कंस, प्रलम्ब, अरिष्ट, बक, चाणूर तथा धेनुकासुरके विनाश, कृष्णकी दामोदरनामप्राप्ति, व्रजनिवास, यमलार्जुन भङ्ग, वृकोंकी सृष्टि, कालियदमन,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समुद्रसे शंखका उत्तोलन, गोवर्धनधारण, कुब्जाका कुब्जत्वदूरीकरण, वामनरूपधारण, सौभविनाश, हलायुधनामधारण, गान्धारराजकी कन्याके विवाहमें महारथी राजाओंके साथ युद्ध, सुभद्राहरणके समय युद्धमें विजयप्राप्ति, मुरदैत्यका विनाश, बलाहक तथा जम्बुमालीके साथ युद्ध, इन्द्रके समक्ष सैनिकों द्वारा रत्नराशिका अपहरण, ये तथा अन्यान्य विषयोंके आधारपर लीला करती हुई श्रीकृष्ण तथा बलरामको प्रिय लगनेवाले गीत गाने लगीं ॥८–१५॥ कादम्बरीपानसे मदमत्त बलराम भी अपनी पत्नी रेवतीके साथ ताली बजाते हुए गाने लगे ॥१६॥ उन्हें गाते देखकर भगवान कृष्ण भी बहुत आनन्दित होकर बलरामका आनन्द बढ़ानेके लिए सत्यभामाके साथ वहाँ जा पहुँचे और गाने लगे ॥१७॥ वीरवर अर्जुन सुभद्राके साथ समुद्रयात्राके प्रसंगमें वहाँ गये हुए थे। सो वे भी कृष्णके साथ बैठकर गाने लगे ॥ १८ ॥ बुद्धिमान् गद, प्रद्युम्न, साम्ब, सत्यक, सत्यभामातनय महाबली चारुदेष्ण, बलदेवतनय निशठ और उल्मुक,

समक्षमासीत् ॥ १४ ॥ एतानि चान्यानि च चारुरूपा जगुः स्त्रियः प्रीतिकराणि राजन् ॥ सङ्कर्षणाधोक्षजहर्षणानि चित्राणि चानेककथाश्रयाणि ॥१५॥ कादम्बरीपानमदोत्कटस्तु बलः पृथुश्रीः स चुकूर्द रामः ॥ सहस्ततालं मधुरं समं च स भार्यया रेवतराजपुत्र्या ॥१६॥ तं कूर्दमानं मधुसूदनश्च दृष्ट्वा महात्मा च मुदान्वितोऽभूत् ॥ चुकूर्द सत्यासहितो महात्मा हर्षागमार्थं च बलस्य धीमान् ॥ १७ ॥ समुद्रयात्रार्थमथागतश्च चुकूर्द पार्थो नरलोकवीरः ॥ कृष्णेन सार्द्धं मुदितश्चुकूर्द सुभद्रया चैव वराङ्गयष्ट्या ॥ १८ ॥ गदश्च धीमानथ सारणश्च प्रद्युम्नसाम्बौ नृप सात्यकिश्च ॥ सात्राजितीसूनुरुदारवीर्यः सुचारुदेष्णश्च सुचारुरूपः ॥ १९ ॥ वीरौ कुमारौ निशठोल्मुकौ च रामात्मजौ वीरतमौ चुकूर्दतुः ॥ अक्रूरसेनापतिशंकवश्च तथापरे भैमकुलप्रधानाः ॥ २० ॥ तद्यानपात्रं ववृधे तदानीं कृष्णप्रभावेण जनेन्द्रपुत्र ॥ आपूर्णमापूर्णमुदारकीर्ते चुकूर्दयद्भिर्नृप भैममुख्यैः ॥ २१ ॥ तै राससक्तैरतिकूर्दमानैर्यदुप्रवीरैरमरप्रकाशैः ॥ हर्षान्वितं वीर जगत्तथाऽभूच्छेमुश्च पापानि जनेन्द्रसूनो ॥२२॥ देवाऽतिथिस्तत्र च नारदोऽथ विप्रः प्रियार्थं मुरकेशिशत्रोः ॥ चुकूर्द मध्ये यदुसत्तमानां जटाकलापागलितैकदेशः ॥ २३ ॥ रामप्रणेता मुनिराजपुत्र स एव तत्राभवदप्रमेयः ॥ मध्ये च गत्वा च चुकूर्द भूयो हेलाविकारैः सविडम्बिताङ्गैः ॥ २४ ॥ स सत्यभामामथ केशवं च पार्थं सुभद्रां च बलं च देवम् ॥ देवीं तथा रेवतराजपुत्रीं संदृश्य संदृश्य जहास धीमान् ॥ २५ ॥ ता हासयामास सुधैर्ययुक्तास्तैस्तैरुपायैः परिहासशीलः ॥ चेष्टानुकारैर्हसिता-

सेनापति अक्रूर तथा अन्यान्य प्रधान-प्रधान यादव, इन सबने एक साथ मिलकर नृत्य-गान आरम्भ किया ॥ १९ ॥ २० ॥ भगवान कृष्णके प्रभावसे नौकायें बढ़ गयीं। देवताओंके तुल्य तेजस्वी यादव जब आनन्दमत्त हो उठे तो उनके साथ समस्त संसार आनन्दविभोर हो गया। कहीं पापका सम्पर्क नहीं रह गया ॥ २१ ॥ २२ ॥ उस समय देवर्षि नारद भी वहाँ जाकर यादवोंके बीच भगवानको प्रसन्न करनेके लिए नाचने लगे। वे इतना नाचे कि उनकी जटा खुलकर छितरा गयी ॥ २३ ॥ उस अवसरपर एक प्रकारसे वे ही उस जलकेलि महापर्वके अधिनायक हो गये थे। सत्यभामा, श्रीकृष्ण, अर्जुन, सुभद्रा तथा बलदेव रेवतीको वे अपनी भावभङ्गिमा दिखा-दिखाकर हँसते हुए नाचते रहे ॥ २४ ॥ २५ ॥ सत्यभामा आदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रानियाँ उनके भाव देखकर अनेक यत्न करके भी हँसी नहीं रोक सकीं। वे सब तरह-तरहकी भावभंगी करके हँसने लगीं। नारदजी भी उन्हींका अनुकरण करते हुए हँसने लगे ॥ २६ ॥ तनिक देर बाद वे किसी साधारण बातको लेकर एकाएक बड़ी जोरसे ठठाकर हँसने लगे। हँसते-हँसते उनके नेत्रोंमें आँसू दिखायी देने लगे ॥ २७ ॥ तब भगवान कृष्णके संकेतानुसार सत्यभामा आदि युवतियाँ सर्वोत्कृष्ट वस्त्र, रत्न तथा स्वर्गीय पारिजाति पुष्पकी माला आदि अनेकानेक वस्तुयें प्रदान करने लगीं ॥२८॥२९॥ रासका कार्यक्रम समाप्त होनेपर भगवान कृष्ण नारदका हाथ पकड़कर सत्यभामा और अर्जुनके साथ जलमें कूद पड़े ॥ ३० ॥ तदनन्तर उन्होंने मुस्कराकर सात्यकिसे कहा—आओ हमलोग दो भागोंमें विभक्त होकर युवतियोंके साथ अलग-अलग जलविहार करें ॥ ३१ ॥ महात्मा बलराम रेवतीके साथ एक ओर अधिनायकत्व करें। यादवोंके अर्धभागके साथ मेरे पुत्र उनको ओर रहेंगे और यादवोंका अवशिष्ट

नुकारैर्लीलानुकारैरपरैश्च धीमान् ॥ २६ ॥ आभाषितां किञ्चिदिवोपलक्ष्य नादातिनादान्भगवान्मुमोच ॥ हसन्विहासांश्च जहास हर्षाद्धास्यागमे कृष्णविनोदनार्थम् ॥ २७ ॥ कृष्णज्ञया सातिशयानि तत्र यथानुरूपाणि ददुर्युवत्यः ॥ रत्नानि वस्त्राणि च रूपवन्ति जगत्प्रधानानि नृदेवसूनोः ॥२८॥ माल्यानि च स्वर्गसमुद्भवानि सन्तानदान्यतिमुक्तकानि ॥ सर्वर्तुकान्यप्यनयंस्तदानीं ददुर्हरेरिङ्गितकालतज्ज्ञाः ॥ २९ ॥ रासावसाने त्वथ गृह्य हस्ते महामुनिं नारदमप्रमेयः ॥ पपात कृष्णो भगवान्समुद्रे सात्राजितीं चार्जुनमेव चाथ ॥३०॥ उवाच चामेयपराक्रमोऽथ शैनेयमीषत्प्रहसन्पृथुश्रीः ॥ द्विधा कृताऽस्मिन्पतताशु भूत्वा क्रीडाजले नौस्तु सहाङ्गनाभिः ॥३१॥ सरेवतीकोऽस्तु बलोऽर्द्धनेता पुत्रा मदीयाश्च सहार्द्धभैमाः ॥ भैमार्द्धमेवाथ बलात्मजाश्च मत्पक्षिणः सन्तु समुद्रतोये ॥ ३२ ॥ आज्ञापयामास ततः समुद्रं कृष्णः स्मितं प्राञ्जलिनं प्रतीतः ॥ सुगन्धतोयो भव मृष्टतोयस्तथा भव ग्राहविवर्जितश्च ॥ ३३ ॥ दृश्या च ते रत्नविभूषिता तु सा वेलिका भूरथ पत्सुखा च ॥ मनोऽनुकूलं च जनस्य तत्तत्प्रयच्छ विज्ञास्यसि मत्प्रभावात् ॥ ३४ ॥ भवस्यपेयोऽप्यथ चेष्टपेयो जनस्य सर्वस्य मनोऽनुकूलः ॥ वैडूर्यमुक्तामणिहेमचित्रा भवन्तु मत्स्यास्त्वयि सौम्यरूपाः ॥३५॥ बिभृस्व च त्वं कमलोत्पलानि सुगन्धसुस्पर्शरसक्षमाणि ॥ षट्पादजुष्टानि मनोहराणि कीलालवर्णैश्च समन्वितानि ॥ ३६ ॥ मैरेयमाध्वीकसुरासवानां कुम्भांश्च पूर्णान्स्थपयस्व तोये ॥ जाम्बूनदं पाननिमित्तमेषां पात्रं पपुर्येषु ददस्व भैमाः ॥३७॥ पुष्पोच्चयैर्वासितशीततोयो भवाप्रमत्तः

अर्द्धभाग तथा ज्येष्ठ भ्राता बलरामके पुत्र मेरे साथ रहेंगे ॥३२॥ सात्यकीसे यह बात कहकर भगवान कृष्णने अपने सम्मुख हाथ जोड़कर खड़े समुद्रको सम्बोधित करके कहा—समुद्र! अब तुम निर्मल, सुगन्धित तथा ग्राहादि हिंस्र जन्तुओंसे हीन हो जाओ ॥ ३३ ॥ साथ ही कोई ऐसा उपाय करो कि जिससे तुम्हारा तटप्रदेश सुदृश्य, रत्नभूषित तथा सुखगम्य हो जाय ॥ ३४ ॥ जिसकी जैसी रुचि हो, उसे वैसी वस्तु तत्काल दी जाय। यद्यपि तुम्हारा जल अपेय है, फिर भी वह उन यादवोंके इच्छानुसार सुपेय बन जाय। तुम्हारे पेटमें वैदूर्य, मुक्ता, मणि तथा सुवर्णके समान जो मछलियाँ हैं, तुम ऐसा कुछ करो कि जिससे वे सौम्यरूप धारण कर लें ॥ ३५ ॥ भलीभाँति विवेचना करके तुम सर्वत्र सुगन्धित, सुखस्पर्श, सुरस, भ्रमरसंकुल, मनोहर लाल कमल तथा माध्वीक-मैरेय प्रभृति सभी प्रकारकी मदिराओंके कलश भरवाकर रखवा दो। वहाँ यादवोंके लिए उत्कृष्ट स्वर्णिम पानपात्र प्रस्तुत कर दिये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जायँ। जलपर कमलपुष्पोंके खिल जानेसे जल शीतल रहेगा। तुम ऐसा प्रयत्न करो कि जिससे सस्त्रीक यादवोंको कोई कष्ट न हो ॥ ३६–३८ ॥ हे महाराज! भगवान कृष्ण समुद्रसे ऐसा कहकर अर्जुनके साथ जलविहार करने लगे और सत्यभामाको नारदजीके ऊपर जल उछालनेका संकेत कर दिया। तदनुसार सत्यभामा देवर्षिपर जल उछालने लगीं ॥३९॥ तदनन्तर मदपानसे मत्त बलराम परमसुन्दरी रेवतीका हाथ पकड़कर जलमें उतरे ॥४०॥ भगवान कृष्णके पुत्र तथा मुख्य-मुख्य यादव भी बलरामके साथ ही जलमें कूद पड़े। उन सबके वस्त्र रंगीन थे और वे सभी क्रीडासक्त थे। मदिरापान करनेके कारण उन सबके नेत्र लाल होगये थे ॥ ४१ ॥ निशठ तथा उल्मुक प्रभृति अवशिष्ट यादव भगवान कृष्णके पक्षमें थे। उनके विचित्र परिधान वस्त्र थे। सबके गलेमें अम्लान पारिजातकी माला थी। सबके शरीरमें अपरिमित बल था। सबके अङ्गोंमें अनुलेपन और हाथमें जलपात्र विद्यमान थे। वे सब उन्मत्त

खलु तोयराशे ॥ यथा व्यलीकं न भवेद्यदूनां सस्त्रीजनानां कुरु तत्प्रयत्नम् ॥३८॥ इतीदमुक्त्वा भगवान्समुद्रं ततः प्रचिक्रीड सहार्जुनेन ॥ सिषेच पूर्वं नृप नारदं तु सात्राजिती कृष्णमुखेङ्गितज्ञा ॥ ३९ ॥ ततो मदावर्जितचारुदेहः पपात रामः सलिले सलीलम् ॥ साकारमालम्ब्य करं करेण मनोहरां रैवतराजपुत्रीम् ॥ ४० ॥ कृष्णात्मजा ये त्वथ भैममुख्या रामस्य पश्चात्पतिताः समुद्रे ॥ विरागवस्त्राभरणाः प्रहृष्टाः क्रीडाभिरामा मदिराविलासाः ॥ ४१ ॥ शेषास्तु भैमा हरिमभ्युपेताः क्रीडाभिरामा निशठोल्मुकाद्याः ॥ विचित्रवस्त्राभरणाश्च मत्ताः सन्तानमाल्यावृतकण्ठदेशाः ॥४२॥ वीर्योपपन्नाः कृतचारुचिह्ना विलिप्तगात्रा जलपात्रहस्ताः ॥ गीतानि तद्वेषमनोहराणि स्वरोपपन्नान्यथ गायमानाः ॥ ४३ ॥ ततः प्रचक्रुर्जलवादितानि नानास्वराणि प्रियवाद्यघोषाः ॥ सहाप्सरोभिस्त्रिदिवालयाभिः कृष्णाज्ञया वेशवधूशतानि ॥ ४४ ॥ आकाशगंगाजलवादनज्ञाः सदा युवत्यो मदनैकचित्ताः ॥ अवादयंस्ता जलदर्दुरांश्च वाद्यानुरूपं जगिरे च हृष्टाः ॥ ४५ ॥ कुशेशयाकोशविशालनेत्राः कुशेशयापीडविभूषिताश्च ॥ कुशेशयानां रविबोधितानां जह्रुः श्रियं ताः सुरवारमुख्याः ॥ ४६ ॥ स्त्रीवक्त्रचन्द्रैः सकलेन्दुकल्पे रराज राजञ्छतशः समुद्राः ॥ यदृच्छया देव विधानतो वा नभो यथा चन्द्रसहस्रकीर्णम् ॥ ४७ ॥ समुद्रमेघः स रराज राजञ्छतह्रदास्त्रीप्रभयाऽभिरामः ॥ सौदामिनीभिन्न इवाम्बुनाथो देदीप्यमानो नभसीव मेघः ॥ ४८ ॥ नारायणश्चैव सनारदश्च सिषेच पक्षे कृतचारुचिह्नः ॥ बलं सपक्षं कृतचारुचिह्न स चैव पक्षं मधुसूदनस्य ॥ ४९ ॥

हो-होकर उच्चस्वरसे समयोचित गायन गाने लगे ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ उनके साथकी वाराङ्गनायें स्वर्गीय अप्सराओंके साथ मिलकर विविध स्वरोंके जलवाद्य बजाने लगीं ॥ ४४ ॥ उन अप्सराओंको स्वर्गनदी मन्दाकिनीमें जलकेलि करनेका अभ्यास था। अतएव वे काममत्त होकर जलदर्दुर नामका वाद्य बजाती हुई उच्चस्वरसे गायन गाने लगीं ॥४५॥ उन सभी सुन्दरियोंके नेत्र कमलकलिकाके समान विशाल थे। सबके कानोंमें कमलपुष्पके आभूषण विद्यमान थे और उन सबकी रूपछटा विकसित कमलिनीको भी तिरस्कृत कर रही थी ॥ ४६ ॥ उन स्त्रियोंके चन्द्रवदनकी परम्पराको देखकर ऐसा लगता था कि मानो देवयोगसे आकाशमें हजारों चन्द्रमा उदित हो गये हैं। उन अप्सराओं तथा वारवनिताओंकी कान्तिप्रभासे ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो समुद्ररूपी मेघ उन कामिनीरूपिणी सौदामिनी (बिजली) से अनुरंजित हो उठा हो ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्ण और देवर्षि नारद दोनों बलराम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा उनके पक्षवालोंपर और बलराम तथा उनके पक्षवाले लोग कृष्ण तथा उनके साथियोंपर जल उछालने लगे ॥ ४९ ॥ बलराम तथा श्रीकृष्णकी पत्नियाँ मधु पानसे उन्मत्त हो हाथोंमें पिचकारियाँ ले-लेकर सबपर जल बरसाने लगीं ॥ ५० ॥ यादवगण एक तो मदिरापान करके वैसे ही मतवाले हो रहे थे। उनकी आँखें लाल हो गयी थीं। अब स्त्रियोंके जल सेचन द्वारा कामरागसे अनुरंजित होकर वे और भी मत्त हो उठे। अतएव वे उन स्त्रियोंके समक्ष पुरुषार्थ प्रदर्शन करने लगे। वे किसी प्रकार उस जलविहारके संघर्षसे पराङ्मुख नहीं हुए ॥५१॥ उसी समय भगवान कृष्ण भी नारद और अर्जुनके साथ जलविहार कर रहे थे। उन्होंने यादवोंको उन्मत्त तथा नितान्त आसक्त देखकर रोक दिया ॥५२॥ कृष्णकी आज्ञा पाते ही यादव जल-विहारसे निवृत्त हो गये, किन्तु उनकी आनन्ददायिनी प्रियतमायें बड़े आनन्दके साथ नृत्य करने लगीं ॥ ५३ ॥ नृत्यक्रीड़ा समाप्त होनेपर भगवान कृष्ण जलविहार त्यागकर

हस्तप्रमुक्तैर्जलयन्त्रकैश्च प्रहृष्टरूपाः सिषिचुस्तदानीम् ॥ रागोद्धता वारुणिपानमत्ताः संकर्षणाधोक्षजदेवपत्न्यः ॥ ५० ॥ आरक्तनेत्रा जलमुक्ति-
सक्ताः स्त्रीणां समक्षं पुरुषायमाणाः ॥ ते नोपरेमुः सुचिरं च भैमा मानं वहन्तो मदनं मदं च ॥ ५१ ॥ अतिप्रसङ्गं तु विचिन्त्य कृष्णस्तान्वार-
यामास रथाङ्गपाणिः ॥ स्वयं निवृत्तो जलवाद्यशब्दैः सनारदः पार्थसहायवांश्च ॥५२॥ कृष्णेङ्गितज्ञा जलयुद्धसङ्गाद्भैमा निवृत्ता दृढमानिनोऽपि ॥
नित्यं तथानन्दकराः प्रियाणां प्रियाश्च तेषां ननृतुः प्रतीताः ॥ ५३ ॥ नत्यावसाने भगवानुपेन्द्रस्तत्याज धीमानथ तोयसङ्गान् ॥ उत्तीर्य तोया-
दनुकूललेपं जग्राह दत्त्वा मुनिसत्तमाय ॥ ५४ ॥ उपेन्द्रमुत्तीर्णमथाशु दृष्ट्वा भैमा हि ते तत्यजुरेव तोयम् ॥ विविक्तगात्रास्त्वथ पानभूमिं कृष्णा-
ज्ञया ते ययुरप्रमेयाः ॥५५॥ यथाऽऽनुपूर्व्या च यथा वयश्च यत्सन्नियोगाश्च तदोपविष्टाः॥ अन्नानि वीरा बुभुजुः प्रतीताः पपुश्च पेयानि यथाऽनु-
कूलम् ॥ ५६ ॥ मांसानि पक्वानि फलाम्लकानि चुक्रोत्तरेणाथ च दाडिमेन ॥ निष्टप्तशूलाञ्छकलान्पशूंश्च तत्रोपजह्रुः शुचयोऽथ सूदाः ॥ ५७ ॥
सुस्विन्नशूल्यान्महिषांश्च बालाञ्छूल्यान्सुनिष्टप्तघृतावसिक्तान् ॥ वृक्षाम्लसौवर्चलचुक्रपूर्णान्पौरोगवोक्त्या उपजह्रुरेषाम् ॥ ५८ ॥ पौरोगवोक्त्या
विधिना मृगाणां मांसानि सिद्धानि च पीवराणि॥ नानाप्रकाराण्युपजह्रुरेषां मृष्टानि पक्वानि च चुक्रचूतैः ॥ ५९ ॥ पार्श्वानि चान्ये शकलानि तत्र
ददुः पशूनां घृतमृक्षितानि ॥ सामुद्रचूर्णैरवचूर्णितानि चूर्णेन मृष्टेन समारिचेन ॥ ६० ॥ समूलकैर्दाडिममातुलुंगैः पर्णासहिंग्वार्द्रकभूस्तृणैश्च ॥

जलसे बाहर निकल आये और देवर्षि नारदको उत्तम अनुलेप प्रदान करके उन्होंने अपने शरीरमें भी उसको लगाया ॥ ५४ ॥ उधर अन्यान्य यादव भी भगवान उपेन्द्रको जलसे बाहर देखकर जलकेलिसे निवृत्त हो गये और जलसे बाहर निकल आये। तदनन्तर कपड़े बदलकर वे सब श्रीकृष्णके आदेशानुसार भोजनस्थानपर जाकर एकत्र हो गये। वहाँपर ज्येष्ठ-कनिष्ठके क्रमसे आसनपर बैठकर वे इच्छानुसार भोजन-पान करने लगे ॥५५॥५६॥ शुद्ध आचार-विचारवाले रसोइयोंने अम्ल एवं चुक्र अर्थात् अम्लशाककी अपेक्षा अधिक परिमाणमें अनारके रससे भली-भाँति पका मांस, शूल्यमांस तथा विविध पशुओंका मांस परोसना आरम्भ कर दिया ॥५७॥ कुछ लोग घृतसिक्त शूल्यपक्व, अम्लवेतस, चुक्र एवं लवणमिश्रित बालमहिषमांस रसोई-दारोंके आदेशानुसार परोसने लगे ॥ ५८ ॥ कुछ लोग स्थूल मृगोंका मांस पका तथा चुक्र एवं आम्ररस मिलाकर परोसने लगे ॥ ५९ ॥ कुछ लोग घृतसिक्त तथा नमक एवं काली

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मिर्चमिश्रित सुपक्व विविध पशुओंके पार्श्वमांसखण्ड परोसने लगे ॥६०॥ मूलक, दाडिम, मातुलुङ्ग (एक विशेष प्रकारका बिजौरा नीबू) तुलसी हिंगु, आद्रक तथा विविध शाकोंके सहारे यादवगण बड़े आनन्दके साथ उत्तम पानपात्रोंमें पेय पदार्थोंका पान करने लगे ॥ ६१ ॥ मद्यपानके अवसरपर यादवोंकी प्रियतमाओंने उन्हें चारों ओरसे घेर लिया और उन्हींके पास बैठ गयीं। इस प्रकार सब लोग एकत्र होकर कटुरसयुक्त शलाकामें बिधे, घृत, अमचुर, सौवर्चल (काला नमक) युक्त एवं तेलमें पके पक्षिमांसके साथ मैरेय, माध्वीक, सुरा तथा आसव आदि विविध प्रकारके मद्यपान करने लगे ॥ ६२ ॥ वहाँ श्वेतवर्ण, रक्तवर्ण, सुगन्धित, महिषीदुग्धसिक्त, घृतपूर्ण तथा लवणयुक्त नाना प्रकारके भोज्य पदार्थ लाये गये ॥ ६३ ॥ उद्धव तथा भोजप्रभृति जो लोग मद्य-मांस नहीं छूते थे, वे लोग स्वतंत्ररूपसे एक स्थानपर बैठे और शाक, सूप, पिष्टक, दधि-दुग्धयुक्त खाद्य पदार्थ एवं आम्र आदि फल खाने लगे ॥ ६४ ॥ तदनन्तर उत्कृष्ट कपर्दकनिर्मित पानपात्रोंमें विविध प्रकारकी सुगन्धित कांजी एवं शर्कराका बना हुआ विशुद्ध शर्बत पीने लगे ॥ ६५ ॥

तदोपदंशैः सुमुखोत्तरैस्ते पानानि हृष्टाः पपुरप्रमेयाः ॥ ६१ ॥ कट्वाङ्कशूलैरपि पक्षिभिश्च वृताम्लसौवर्चलतैलसिक्तैः ॥ मैरेयमाध्वीकसुरासवांस्ते पपुः प्रियाभिः परिवार्यमाणाः ॥ ६२ ॥ श्वेतेन युक्ता नृप शोणितेन भक्ष्यान्सुगन्धाँल्लवणान्वितांश्च ॥ आर्द्रान्किलाटान्घृतपूर्णकांश्च नानाप्रकारानपि खण्डखाद्यान् ॥६३॥ अपानपाश्चोद्धवभोजमिश्राः शाकैश्च सूपैश्च बहुप्रकारैः ॥ पेयैश्च दध्ना पयसा च वीराः स्वन्नानि राजन्बुभुजुः प्रहृष्टाः ॥ ६४ ॥ तथारनालांश्च बहुप्रकारान्पपुः सुगन्धानपि पालवीषु ॥ शृतं पयः शर्करया च युक्तं फलप्रकारांश्च बहूंश्च खादन् ॥६५॥ तृप्ताः प्रवृत्ताः पुनरेव वीरास्ते भैममुख्या वनितासहायाः ॥ गीतानि रम्याणि जगुः प्रहृष्टाः कान्ताभिनीतानि मनोहराणि ॥ ६६ ॥ आज्ञापयामास ततः स तस्यां निशि प्रहृष्टो भगवानुपेन्द्रः ॥ छालिक्यगेयं बहुसन्निधानं यदेव गान्धर्वमुदाहरन्ति ॥ ६७ ॥ जग्राह वीणामथ नारदस्तु षड्ग्रामरागादिसमाधियुक्ताम् ॥ हल्लीसकं तु स्वयमेव कृष्णः स वंशघोषं नरदेव पार्थः ॥ ६८ ॥ मृदङ्गवाद्यानपरांश्च वाद्यान्वराप्सरास्ता जगृहुः प्रतीताः ॥ आसारितान्ते च ततः प्रतीता रम्भोत्थिताः साभिनयार्थतज्ज्ञाः ॥६९॥ तथाऽभिनीते वरगात्रयष्ट्या तुतोष रामश्च जनार्दनश्च ॥ अथोर्वशी चारुविशालनेत्रा हेमा च राजन्यथ मिश्रकेशी ॥ ७० ॥ तिलोत्तमा चाप्यथ मेनका च एतास्तथाऽन्याश्च हरिप्रियार्थम् ॥ जगुस्तथैवाभिनयं च चक्रु-

इस प्रकार भोजन-पानका कार्य समाप्त हो जानेपर प्रमुख यादवगण वनिताओंके समुदायसे आवेष्टित होकर अतिशय मनोहारी संगीतका आलाप करने लगे ॥ ६६ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णने उन सभी यादवोंको उस सुन्दर रात्रिके समय छालिक्यगीत अर्थात् देवताओं तथा गन्धर्वोंका संगीत आरम्भ करनेका आदेश दिया ॥ ६७ ॥ उस समय देवर्षि नारदने छ ग्रामों युक्त छहों राग तथा विरामस्थल युक्त वीणा, अर्जुनने मृदङ्ग और अप्सराओंने अन्यान्य वाद्ययन्त्र सम्हाला। उनके मध्यमें भगवान कृष्णचन्द्र वंशी बजाने लगे और सभी नारियाँ उनको घेरकर नाचने लगीं ॥ ६८ ॥ इन वाद्योंके साथ उन सुन्दरियोंका नृत्य समाप्त होनेपर अभिनयनिपुण रम्भा अत्यधिक प्रसन्न होकर अभिनय करनेके लिए उठी ॥ ६९ ॥ उस सर्वाङ्गसुन्दरी रम्भाका अभिनय देखकर श्रीकृष्ण और बलदेवके आनन्दकी सीमा नहीं रही। तदनन्तर विशाललोचना उर्वशी, हेमा, मिश्रकेशी, तिलोत्तमा, मेनका तथा अन्यान्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अप्सरायें उठीं। उठकर वे अपनी इच्छाके अनुरूप गीत गाने और अभिनय करने लगीं ॥ ७० ॥ ७१ ॥ भगवान कृष्ण उनके नृत्य तथा अभिनय देखकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें साधुवाद देने लगे। इसके पहले जलक्रीडाके अवसरपर पञ्चचूडा प्रभृति जो अप्सरायें वहाँ बुलायी गयी थीं। वे भगवानके हाथसे ताम्बूल पाकर अपनी-अपनी गुणगरिमा बखानने लगीं ॥ ७२ ॥ जो भी हो, छालिक्यगीत तथा सुगन्धित फलोंको स्वर्गसे उतारकर पृथिवीपर मनुष्योंके लिए लाना भगवानकी कृपा ही कही जायगी ॥ ७३ ॥ फलतः भगवान कृष्णके प्रतापसे छालिक्य गीतने संसारमें स्थायित्व प्राप्त कर लिया। सर्वप्रथम बुद्धिमान् प्रद्युम्नने इस संगीतका आलाप करके ताम्बूल प्राप्त किया। तदनन्तर क्रमशः इन्द्रतुल्य पराक्रमी बलराम, श्रीकृष्ण, अनिरुद्ध और साम्ब, इन पाँचों महात्माओंने भूलोकमनोहर इस संगीतका आलाप किया ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ इस छालिक्य गीतका श्रवण करनेसे सुखवृद्धि, कुशलता, यश, पुण्य,

रिष्टैश्च कामैर्मनसोऽनुकूलैः ॥ ७१ ॥ ता वासुदेवेऽप्यनुरक्तचित्ताः स्वगीतनृत्याभिनयैरुदारैः ॥ नरेन्द्रसूनो परितोषितेन ताम्बूलयोगाश्च वराप्सरोभिः ॥ ७२ ॥ तदागताभिर्नृवराहृतास्तु कृष्णेप्सया मानभयास्तथैव ॥ फलानि गन्धोत्तमवन्ति वीराश्छालिक्यगान्धर्वमथाहृतं च ॥ ७३ ॥ कृष्णेच्छया च त्रिदिवान्नृदेव अनुग्रहार्थं भुवि मानुषाणाम् ॥ स्थितं च रम्यं हरितेजसैव प्रयोजयामास स रौक्मिणेयः ॥ ७४ ॥ छालिक्यगान्धर्वमुदारबुद्धिस्तेनैव ताम्बूलमथ प्रयुक्तम् ॥ प्रयोजितं पञ्चभिरिन्द्रतुल्यैश्छालिक्यमिष्टं सततं नराणाम् ॥ ७५ ॥ शुभावहं वृद्धिकरं प्रशस्तं मङ्गल्यमेवाथ तथा यशस्यम् ॥ पुण्यं च पुष्ट्यभ्युदयावहं च नारायणस्येष्टमुदारकीर्तेः ॥ ७६ ॥ भरापहं धर्मभरावहं च दुःस्वप्ननाशं परिकीर्त्यमानम् ॥ करोति पापं च तथा विहन्ति शृण्वन्सुरावासगतो नरेन्द्रः ॥ ७७ ॥ छालिक्यगान्धर्वमुदारकीर्तिर्मेने किलैकं दिवसं सहस्रम् ॥ चतुर्युगानां नृप रेवतोऽथ ततः प्रवृत्ता च कुमारजातिः ॥ ७८ ॥ गान्धर्वजातिश्च तथापराऽपि दीपाद्यथा दीपशतानि राजन् ॥ विवेद कृष्णश्च सनारदश्च प्रद्युम्नमुख्यैर्नृप भैममुख्यैः ॥ ७९ ॥ विज्ञानमेतद्धि परे यथावदुद्देशमात्राच्च जनास्तु लोके ॥ जानन्ति छालिक्यगुणोदयानां तोयं नदीनामथ वा समुद्रे ॥ ८० ॥ ज्ञातुं समर्थो हिमवान्गिरिर्वा फलाग्रतो वा गुणतोऽथ वापि ॥ शक्यं न छालिक्यमृते तपोभिः स्थाने विधानान्यथ मूर्च्छ-

जय, धर्मलाभ, दुःखनाश तथा पापक्षय होता है। क्योंकि यह संगीत नारायणको बहुत प्रिय है ॥ ७६ ॥ यह संगीत कामनाशक, धर्मवर्द्धक और दुःस्वप्ननाशक है। इसको सुननेसे पाप नष्ट हो जाते हैं। महाराज रेवतने स्वर्गलोकमें जाकर यह छालिक्य संगीत सुना तो उन्हें ऐसा लगा कि चार हजार युग एक दिनके समान लघु होकर बीत गये हैं। इसके बाद जैसे एक दीपकसे सैकड़ों दीपक जल जाते हैं, उसी प्रकार इस छालिक्यगीतसे कुमारजाति, गान्धर्वजाति तथा अन्यान्य संगीतगायकोंकी उत्पत्ति हुई। उसे केवल श्रीकृष्ण, नारद, प्रद्युम्न एवं मुख्य-मुख्य यादव ही उत्तम रीतिसे जान सके ॥ ७७–७९ ॥ उनके अतिरिक्त अन्यान्य लोग जो छालिक्यगीत जानते हैं, वह केवल नाममात्र है। संसारमें लोग नदी तथा समुद्रके जलको नाप सकते हैं और हिमालय पर्वतके शिखरोंका भी लेखा-जोखा कर सकते हैं, किन्तु दुष्कर तप किये बीना छालिक्य संगीतका तालप्रदान, छ ग्राम तथा छहों रागोंपर अधिकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं प्राप्त कर सकते ॥८०॥८१॥ अधिक कहाँ तक कहें, उसके शतांशका एक अंश कुमारजातिको प्राप्त करना ही मनुष्योंके लिए बहुत कठिन कार्य है ॥ ८२ ॥ देवता, गन्धर्व तथा महर्षिगणोंने बड़े यत्नसे जिस छालिक्यगीतपर अधिकार पाया है और भगवान मधुसूदनने जिसका यादवों द्वारा भूलोकमें प्रचार किया है, यह मनुष्योंपर उनकी एकमात्र कृपा ही कही जायगी। देवताओं द्वारा गाया जानेवाला छालिक्य संगीत भूमण्डलमें प्रतिष्ठित हो गया, तब आबाल-वृद्ध सभी यादव यह गीत गाने लगे ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ कुमारजन्मप्रभृति उत्सवोंके अवसरपर पहले बालकगण उक्त सङ्गीत आरम्भ करते थे। बादमें वृद्धगण स्वर द्वारा उनकी अनुयोजना करते हुए जिस स्थानपर जैसे स्वरसन्निवेशकी आवश्यकता होती थी, वह उन बालकोंको हृदयङ्गम करा देते थे ॥८५॥ वीरश्रेष्ठ यादव अपने पुरातन वंशधर्मकी रक्षामें सदा तत्पर रहते थे। अतएव मर्त्यलोकमें मनुष्योंका उपकार करना उनका कुलोचित धर्म बन गया था। इसी कारण वे यादव भूलोकमें छालिक्यगीतका प्रचार करते हुए मनुष्योंके कल्याणार्थ बालकोंके साथ सङ्गीतमें प्रवृत्त हुए थे। विशेष सरलता कभी ज्येष्ठता और कनिष्ठताकी अपेक्षा

नासु ॥ ८१ ॥ षड्ग्रामरागेषु च तत्र कार्यं तस्यैकदेशावयवेन राजन् ॥ लेशाभिधानां सुकुमारजातिं निष्ठां सदुःखेन नराः प्रयांति ॥ ८२ ॥ छालिक्यगान्धर्वगुणोदयेषु ये देवगन्धर्वमहर्षिसंघाः ॥ निष्ठां प्रयांतीत्यवगच्छ बुद्ध्या छालिक्यमेवं मधुसुदनेन ॥ ८३ ॥ भैमोत्तमानां नरदेव दत्तं लोकस्य चानुग्रहकाम्ययैव ॥ गतं प्रतिष्ठाममरोपगेयं बाला युवानश्च तथैव वृद्धाः ॥ ८४ ॥ क्रीडन्ति भैमाः प्रसवोत्सवेषु पूर्वं तु बालाः समुदावहंति ॥ वृद्धाश्च पश्चात्प्रतिमानयन्ति स्थानेषु नित्यं प्रतिमानयन्ति ॥ ८५ ॥ मर्त्येषु मर्त्यान्यदवोऽतिवीराः स्ववंशधर्मं समनुस्मरन्तः ॥ पुरातनं धर्मविधानतज्ज्ञाः प्रीतिः प्रमाणं न वयः प्रमाणम् ॥ ८६ ॥ प्रीतिप्रमाणानि हि सौहृदानि प्रीतिं पुरस्कृत्य हि ते दशार्हाः ॥ वृष्ण्यन्धकाः पुत्रसुखा बभूवुर्विसर्जिताः केशिविनाशनेन ॥ ८७ ॥ स्वर्गं गताश्चाप्सरसां समूहाः कृत्वा प्रणामं मधुकंसशत्रोः ॥ प्रहृष्टरूपस्य सुहृष्टरूपा बभूव हृष्टः सुरलोकसङ्घः ॥ ८८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि भानुमतीहरणे छालिक्यक्रीडावर्णनं नामैकनवतितमोऽध्यायः ॥ ९१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तेषां क्रीडाप्रसक्तानां यदूनां पुण्यकर्मणाम् ॥ छिद्रमासाद्य दुर्बुद्धिर्देवशत्रुर्दुरासदः ॥ १ ॥ कन्यां भानुमतीं नाम भानोर्दुहितरं नृप ॥ जहारात्मवधाकांक्षी निकुम्भो नाम दानवः ॥ २ ॥ अन्तर्हितो मोहयित्वा यदूनां प्रमदाजनम् ॥ मायावी मायया राजन्पूर्ववैरमनु-

नहीं करती। इसी कारण एकमात्र साम्य गुणवश ही वे पुत्रोंके साथ छालिक्यगीतमें सम्मिलित हुए थे। तदनन्तर स्वर्गसे आयी हुई अप्सराओंने प्रसन्न मनसे केशिनाशन तथा कंसारि भगवान कृष्णको प्रणाम करके विदा माँगी। भगवानने भी हँसते हुए सन्तुष्ट करके उन्हें विदा कर दिया ॥ ८६–८८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकनवतितमोऽध्यायः ॥ ९१ ॥

(निकुम्भवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! पुण्यात्मा यादवगण क्रीडामें मत्त हो गये हैं, यह जानकर आत्मविनाशका इच्छुक दुर्बुद्धि दानव निकुम्भने अपनी मायाके बलसे महात्मा भानुकी कन्या भानुमतीका अपहरण कर लिया ॥ १ ॥ २ ॥ इसके पहले श्रीकृष्णतनय प्रद्युम्न उस दुरात्मा निकुम्भके भ्राता वज्रनाभको मारकर उसकी कन्या प्रभावतीको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलपूर्वक छीनकर ले आये थे। उसी वैरका बदला चुकानेके लिए इस समय निकुम्भने भानुमतीका अपहरण किया था ॥ ३ ॥ ४ ॥ वह छिद्रान्वेषी दानव महात्मा भानुके उपवनमें रहता था। इस अवसरपर पुरी शून्य पाकर उस कन्याका हरण किया तो उसके रोदन तथा अन्तःपुरकी स्त्रियोंके आर्तनादसे कन्याका सारा अन्तःपुर प्रतिध्वनित हो उठा ॥ ५ ॥ ६ ॥ महात्मा भानुके अन्तःपुरका कोलाहल सुनकर वसुदेव और आहुक शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित हो तथा कवच धारण करके बाहर निकले ॥ ७ ॥ किन्तु उन्हें कहीं कुछ नहीं दिखायी पड़ा। ऐसी दशामें वे दोनों भगवान कृष्णके पास गये ॥ ८ ॥ भगवान कृष्ण उनके द्वारा वह वृत्तान्त सुनकर अर्जुनके साथ नागकुलनाशक गरुड़पर सवार हुए और प्रद्युम्नको रथ द्वारा पीछे-पीछे आनेका आदेश देकर उन्होंने कश्यपतनय गरुड़से कहा—वैनतेय! जल्दी चलो। यह कहकर चल पड़े ॥ ९ ॥ १० ॥ तदनन्तर जब वह दुर्जय दानव निकुम्भ अपने वज्रपुरमें प्रविष्ट हो ही रहा

स्मरन् ॥३॥ भ्रातुर्हि वज्रनाभस्य तस्य कन्या प्रभावती ॥ प्रद्युम्नेन हृता वीर वज्रनाभस्तथा हतः ॥४॥ भानोरेव तथाऽरण्ये वसत्यवसरेण हि ॥ अस्वाधीने दुराधर्षे छिद्रज्ञो दानवाधमः ॥ ५ ॥ कन्यापुरे महानादः सहसा समुपस्थितः ॥ तस्यां ह्रियन्त्यां कन्यायां रुदन्त्यां समितिंजय ॥ ६ ॥ वसुदेवाहुकौ वीरौ दंशितौ निर्गतावुभौ ॥ आर्तनादमुपश्रुत्य भानोः कन्यापुरे तदा ॥ ७ ॥ न दृष्टिगोचरौ तौ तु ददृशातेऽपकारिणम् ॥ तथैव दंशितौ यातौ यत्र कृष्णो महाबलः ॥ ८ ॥ श्रुतार्थः स्वं विमानं तदारुरोह जनार्दनः॥ पार्थेन सहितस्तार्क्ष्यं नागशत्रुमरिन्दमः ॥९॥ रथी त्वमनुगच्छेति संदिश्य मकरध्वजम् ॥ त्वरेति गरुडं वीरः संदिदेश च काश्यपम् ॥ १० ॥ वज्रं नगरमायान्तं निकुम्भं रणदुर्जयम् ॥ पार्थकृष्णौ महात्मानावासेदतुररिन्दमौ ॥ ११ ॥ प्रद्युम्नश्च महातेजा मायिनां प्रवरो नृप ॥ निकुम्भश्चाथ तान्दृष्ट्वा त्रिधाऽऽत्मानमथाकरोत् ॥ १२ ॥ तान्सर्वान्योधयामास निकुम्भः प्रहसन्निव ॥ बहुकण्टकगुर्वीभिर्गदाभिरमरोपमः ॥ १३ ॥ सव्येनालम्ब्य हस्तेन कन्यां भानुमतीं नृप ॥ दक्षिणेनाथ हस्तेन गदया प्राहरत्पुनः ॥ १४ ॥ कन्यार्थं न च कृष्णो वा कामो वा नृपसत्तम ॥ निर्दयं प्रहरन्ति स्म निकुम्भे च महासुरे ॥ १५ ॥ समर्थास्ते महात्मानः शत्रुं हन्तुं दुरासदाः ॥ निशश्वसुर्नरपते दयाभारावपीडिताः ॥ १६ ॥ श्रेष्ठो धनुष्मतां पार्थः सर्वथा कुशलो युधि ॥ नागोष्ट्रविधिना दैत्यं शरपंक्त्या जघान ह ॥ १७ ॥ ते तु वैतस्तिकैर्बाणैर्विविधान्दानवान् युधि ॥ न कन्यां कलया युक्त्या शिक्षया च महीपते ॥ १८ ॥ ततः स कन्यया सार्द्धं

था, उसी समय कृष्ण, अर्जुन और प्रद्युम्नने उसपर आक्रमण कर दिया ॥११॥ परम मायावी निकुम्भने उन्हें देखकर तीन रूप धारण कर लिया और अनायास उन तीनोंसे एक साथ लड़ने लगा। उसकी बायीं काँखमें कन्या भानुमती थी और दाहिने हाथमें कण्टकाकीर्ण गदा। अब निर्दयभावसे वह उसी गदा द्वारा तीनोंपर प्रहार करने लगा। किन्तु वे तीनों महापुरुष 'प्रहार करनेसे कन्याको चोट लग जायगी' इसी आशंकासे कुछ देर प्रहार नहीं कर सके ॥१२–१५॥ यद्यपि वे उसे नष्ट करनेका सर्वथा समर्थ थे, फिर भी भानुमतीकी रक्षामें दत्तचित्त होनेके कारण अपना पराक्रम नहीं प्रदर्शित कर सके और क्रोधके कारण दीर्घ निःश्वास त्यागने लगे ॥ १६ ॥ पृथापुत्र अर्जुन असाधारण युद्धवीर थे, किन्तु जैसे अजगर सर्प ऊँटको लपेट ले तो ऊँटको बचाते हुए सर्पका वध करना होता है, उसी प्रकार उन्हें बड़ी सावधानीके साथ उसपर अपने बाणोंका प्रयोग करना पड़ा ॥ १७ ॥ अब ये तीनों वैतस्तिक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2.

प्रमाण (वित्ते भरके) बाणोंको लेकर उस मायावी दैत्यपर प्रहार करने लगे । उन्होंने बाण चलाते समय ऐसी कला, युक्ति और अनुभवका उपभोग किया कि जिससे कन्याके शरीरमें बाणों-का स्पर्श न हो ॥१८॥ उसी समय मायावी निकुम्भ अपनी आसुरी मायाकी सहायतासे कन्याके साथ कहाँ अन्तर्धान हो गया, यह कोई नहीं जान सका ॥१९॥ देर तक उसका पीछा करनेपर उन्होंने देखा कि वह हारीत पक्षीका रूप धारण करके वहाँ ही बैठा हुआ है ॥ २० ॥ देखते ही अर्जुनने कन्याकी रक्षा करते हुए उसपर फिर उन्हीं मर्मभेदी वैतस्तिक बाणोंका प्रहार किया ॥ २१ ॥ तदनन्तर वह असुर इस ससागरा तथा सप्तद्वीपा पृथिवीका चक्कर लगाने लगा ओर वे तीनों महापुरुष भी उसके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ २२ ॥ अन्तमें जब वह दैत्य गोकर्ण पर्वतको लाँघने लगा तो एकाएक उस कन्याके साथ चेलगङ्गाके तटपर गिर पड़ा ॥ २३ ॥ क्योंकि भूतभावन शंकर भगवान सदा उस गोकर्ण पर्वतपर निवास करते थे और उनके प्रतापसे देवता तथा दैत्य कोई भी उस पर्वतका अतिक्रमण नहीं कर सकता था ॥२४॥ अतएव जब वह दानव पर्वतका उल्लंघन करते समय गिर पड़ा, उस समय प्रद्युम्नने वहाँ

तत्रैवान्तरधीयत ॥ आसुरीमाश्रितो मायां न च तां वेत्ति कश्चन ॥ १९ ॥ तं कृष्णौ रौक्मिणेयश्च पृष्ठतोऽनुययुस्तदा ॥ हारितः शकुनो भूत्वा तस्थावथ महासुरः ॥ २० ॥ तं बाणैः पुनरेवाथ वीरो भूयो धनञ्जयः ॥ वैतस्तिकैर्मर्मभिद्भिः कन्यां रक्षन्नताडयत् ॥ २१ ॥ स इमां पृथिवीं कृत्स्नां सप्तद्वीपां महासुरः ॥ बभ्रामानुगतश्चैव तैर्वीरैररिमर्दनः ॥२२॥ गोकर्णस्योपरिष्टात्तु पर्वतस्य महासुरः ॥ पपात वेलां गङ्गायाः पुलिने सह कन्यया ॥ २३ ॥ न देवा नासुराश्चापि लङ्घयन्ति तपोधनाः ॥ गोकर्णं तेजसा गुप्तं महादेवस्य भारत ॥ २४ ॥ एतदन्तरमासाद्य प्रद्युम्नः शीघ्रविक्रमः ॥ कन्यां भानुमतीं भैमो जग्राह रणदुर्जयः ॥ २५ ॥ असुरः सोऽर्दितो राजन्कृष्णाभ्यां निशितैः शरैः ॥ त्यक्त्वाऽथोत्तरगोकर्णं निकुम्भो दक्षिणां दिशम् ॥ जगाम पृष्ठतो यातौ कृष्णौ तार्क्ष्यगतौ तदा ॥ २६ ॥ विवेश षट्पुरं चैव ज्ञातीनामालयं तदा ॥ तत्र वीरौ गुहाद्वारि कृष्णौ रात्रौ तदोषतुः ॥ २७ ॥ रौक्मिणेयोऽपि कृष्णेन संदिष्टो द्वारकां पुरीम् ॥ अनयद्भानुतनयां प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ २८ ॥ नयित्वा चाययौ वीरः षट्पुरं दानवाकुलम् ॥ ददर्श च गुहाद्वारि कृष्णौ भीमपराक्रमौ ॥ २९ ॥ ऊषतुर्द्वारमाक्रम्य षट्पुरस्य महाबलौ ॥ कृष्णौ प्रद्युम्नसहितौ निकुम्भ-वधकांक्षिणौ ॥ ३० ॥ ततोऽन्तरमेतस्माद्बिलादतिबलस्तदा ॥ निर्जगाम बली योद्धुं निकुम्भो भीमविक्रमः ॥ ३१ ॥ तस्य निर्गच्छतस्तस्मा-

पहुँचकर भानुमतीको छुड़ा लिया ॥ २५ ॥ उधर श्रीकृष्ण और अर्जुन दोनों यथासाध्य अपने तीक्ष्ण बाणोंकी बौछार करते रहे । उन दोनों वीरों द्वारा नितान्त निपीडित होकर निकुम्भ उत्तर प्रदेशके गोकर्ण पर्वतको त्यागकर दक्षिण दिशाको भागा । श्रीकृष्ण और अर्जुन भी गरुड़पर सवार होकर उसके पीछे-पीछे चले ॥ २६ ॥ अन्तमें जब वह दानव भूविवरके भीतर स्थित अपने षट्पुरमें घुस गया, तबतक रात्रि आ गयी । अतएव श्रीकृष्ण और अर्जुन रातभर उसी गुफाके द्वारपर खड़े रहे ॥२७॥ इधर प्रद्युम्न पिताके आदेशानुसार भानुमतीको लेकर आनन्दपूर्वक द्वारका पहुँचे ॥२८॥ वहाँ भानुमतीका प्रबन्ध करके वे रातो-रात फिर षट्पुर नगर लौट आये । आकर उन्होंने देखा कि उस दैत्यके वधके इच्छुक श्रीकृष्ण तथा अर्जुन दोनों निकुम्भका द्वार अवरुद्ध करके रात बिता रहे हैं ॥२९॥ अब प्रद्युम्न भी उस असुरके वधकार्यमें सहयोग देनेके लिए उनके साथ सम्मिलित हो गये ॥३०॥ कुछ देर बाद अतिशय बलवान् दैत्य-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वर निकुम्भ युद्ध करनेके लिए उस कन्दरासे बाहर निकला ॥३१॥ बाहर आते ही अर्जुनने अपने गाण्डीव धनुपसे बाणवर्षा करके उसे चारों ओरसे रूँध दिया ॥३२॥ तदनन्तर महाबली निकुम्भने अपनी बहुकण्टकाकीर्ण भयानक गदा तानकर अर्जुनके मस्तकपर ऐसा भीपण प्रहार किया कि उसके आघातवश उनके मुखसे रुधिरवमन होने लगा तथा क्षण-क्षणपर मूर्छा आने लगी। उनकी यह दशा देखकर निकुम्भ हँसा और अवसर पाकर प्रद्युम्नके मस्तकपर भी उसी गदासे प्रहार कर दिया। इस प्रकार अचानक प्रहारसे प्रद्युम्न मूछित हो गये ॥३३–३५॥ अर्जुन तथा अपने पुत्रको ऐसी दशामें देखकर भगवान कृष्ण क्रोधान्ध हो उठे। वे तत्काल अपनी कौमोदकी गदा तानकर निकुम्भकी ओर दौड़े। उधर निकुम्भ भी उन्हींकी ओर बढ़ा। इस प्रकार वे दोनों दुर्द्धर्ष वीर भीषण गर्जन करते हुए परस्पर एक दूसरेपर प्रहार लगे ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ उधर देवराज इन्द्र देवताओंके साथ वहाँ आकर वह भयानक देवासुर

द्बिलात्पार्थो विशाम्पते ॥ रुरोध सर्वतो मार्गं शरैग डी सृतैः ॥ ३२ ॥ सोऽभिसृत्य गदां घोरामुद्यम्य बहुकण्टकाम् ॥ शिरस्यताडयत्पार्थं निकुम्भो बलिनां वरः ॥ ३३ ॥ अदृष्टेनाहतो वीरः शिरस्यथ मुमोह सः ॥ गदयाऽभिहते पार्थे रक्तं वमति मुह्यति ॥ हसित्वा सोऽसुरो दृप्तो रौक्मिणेयमताडयत् ॥ ३४ ॥ तं प्राङ्मुखमुखं वीर मायावी मायिनां वरम् ॥ अदृष्टेनाहतो वीरः शिरस्यथ मुमोह सः ॥ ३५ ॥ तथागतौ तु दृष्ट्वा तौ मुह्यमानौ सुताडितौ ॥ अभिदुद्राव गोविन्दो निकुम्भं क्रोधमूर्छितः ॥ ३६ ॥ कौमोदकीं समुद्यम्य गदपूर्वोद्भवो गदाम् ॥ तावन्योन्यं दुराधर्षौ गर्जन्तावभिपेततुः ॥ ३७ ॥ ऐरावतगतः शक्रः सर्वैर्देवगणैः सह ॥ ददर्श तन्महायुद्धं घोरं देवासुरं तदा ॥३८॥ दृष्ट्वा देवान्हृषीकेशश्चित्रैर्युद्धैररिंदमः ॥ इयेष दानवं हन्तुं देवानां हितकाम्यया ॥३९॥ स मण्डलानि चित्राणि दर्शयामास केशवः ॥ कौमोदकीं महाबाहुर्लीलयन्युद्धकोविदः ॥ ४० ॥ तथैवासुरमुख्योऽपि गदां तां बहुकण्टकाम् ॥ शिक्षया भ्रामयाणोऽथ मण्डलानि चचार ह ॥४१॥ वृषभाविव गर्जन्तौ बृहंताविव कुञ्जरौ ॥ इषितान्तरमासाद्य क्रुद्धौ शालावृकाविव ॥ ४२ ॥ आजघान निकुम्भस्तु गदया गदपूर्वजम् ॥ स्पष्टाष्टघण्टया वीर नादं मुक्त्वाऽतिदारुणम् ॥ ४३ ॥ तत्कालमेव कृष्णोऽपि भ्रामयित्वा महागदाम् ॥ निकुम्भमूर्द्धनि तदा पातयामास भारत ॥ ४४ ॥ अवष्टम्य मुहूर्तं तु हरिः कौमोदकीं गदाम् ॥ तस्थौ जगद्गुरुर्धीमान्मुमोह पतितः क्षितौ ॥४५॥ हाहाभूतं जगत्सर्वं तत्कालमभवत्तदा ॥ तथा गते वासुदेवे नरदेव महात्मनि

संग्राम देखने लगे ॥ ३८ ॥ शत्रुनाशन भगवान कृष्णने देवताओंको उपस्थित देखा तो उस दुर्दान्त दैत्यका वध करके उन देवताओंका कल्याण करनेके लिए कौमोदकी गदा लिये हुए पैतरा बदलने लगे ॥ ३९ ॥ ४० ॥ तब वह दैत्य भी कण्टकाकीर्ण तथा गुरुतर गदा लेकर अपना युद्धकौशल दिखलाता हुआ मण्डलाकार चक्कर लगाने लगा ॥ ४१ ॥ गर्जनकारी वृषभ, चिंघाड़नेवाले गजराज तथा क्रुद्ध भेड़ियोंकी तरह दोनों मण्डलाकार घूम रहे थे। इतनेमें अवसर पाकर दैत्यवर निकुम्भने भगवान्‌पर अपनी गदाका प्रहार कर दिया। तब भगवान कृष्णने भी एक बार भयानक चीत्कार करके आठ घण्टाओंवाली अपनी गुरुतर कौमोदकी गदा घुमाकर निकुम्भके मस्तकपर आघात किया ॥ ४२–४४ ॥ तदनन्तर अपनी गदाको लेकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे कुछ देर स्थिर भावसे खड़े रहे। उसके बाद मूर्छित होकर गिर गये। उस समय सारे विश्वमें हाहाकार मच गया ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ भगवान्‌को ऐसी स्थितिमें देखकर तत्काल देवराज इन्द्र आकाशगङ्गाका सुशीतल, सुस्निग्ध, अमृतयुक्त तथा सुगन्धित जल लेकर उनके मुखपर छिड़कने लगे ॥ ४७ ॥ ज्ञात होता है कि भगवानने स्वेच्छासे ऐसा भाव धारण कर लिया था। नहीं तो अखिल विश्वमें ऐसा कौन है कि जो उन्हें इस प्रकार मूर्छित कर सके ॥ ४८ ॥ जो भी हो, चेतुना आनेपर उन्होंने अपना चक्रास्त्र सम्हाला और निकुम्भसे कहा—दुरात्मन्! सम्हल ॥ ४९ ॥ इधर निकुम्भ भी भगवानके गदाघातसे मूर्छित पड़ा था। किन्तु वह मायावी असुर पहलेवाला शरीर त्यागकर दूसरे शरीरसे उठ खड़ा हुआ है, यह भेद उन्हें नहीं मालूम था ॥ ५० ॥ वे युद्धभूमिमें गिरे शत्रुपर प्रहार करना अनुचित समझकर उस कलेवरपर अस्त्राघातकी उपेक्षा करते हुए खड़े थे। इतनेमें प्रद्युम्न और अर्जुन दोनो सचेत

॥ ४६ ॥ आकाशगङ्गातोयेन शीतेन च सुगन्धिना ॥ सिषेचामृतमिश्रेण कृष्णं देवेश्वरः स्वयम् ॥ ४७ ॥ नूनमात्मेच्छया कृष्णस्तथा चक्रे सुरोत्तमः ॥
को हि शक्तो महात्मानं युद्धे मोहयितुं हरिम् ॥ ४८ ॥ कृष्णः प्रत्यागतप्राणश्चक्रमुद्यम्य भारत ॥ प्रतीच्छेति दुरात्मानमुवाच रिपुनाशनः ॥ ४९ ॥
निकुम्भोऽप्यतिमायावी उत्पपात दुरासदः ॥ शरीरं तत्परित्यज्य न तु तं वेत्ति केशवः ॥ ५० ॥ मुमूर्षति मृतो वायमिति मत्वा जनार्दनः ॥ ररक्ष
स्मरमाणोऽथ वीरो वीरव्रतं विभो ॥ ५१ ॥ अथ प्रद्युम्नकौन्तेयावागतौ लब्धचेतनौ ॥ स्थितौ नारायणाभ्याशे निकुम्भवधनिश्चितौ ॥ ५२ ॥
प्रद्युम्नोऽप्यथ मायावी विदितः कृष्णमब्रवीत् ॥ निकुम्भस्तात नास्त्यत्र गतः क्वापि सुदुर्मतिः ॥ ५३ ॥ प्रद्युम्नेनैवमुक्ते तु ननाश कलेवरम् ॥
प्रजहासाथ भगवानर्जुनेन सह प्रभुः ॥ ५४ ॥ तदायुतसहस्राणि निकुम्भानां जनाधिप ॥ ददृशुस्ते ततो वीराः क्षितौ दिवि च सर्वतः ॥ ५५ ॥
सहस्राण्येव कृष्णं तु तथा पार्थमरिन्दम ॥ रौक्मिणेयं तथा वीरं तदद्भुतमिवाभवत् ॥ ५६ ॥ पाण्डवस्य धनुः केचित्केचिदस्य महाशरान् ॥ अन्येऽस्य
जगृहुर्हस्तावन्ये पादौ महासुराः ॥ ५७ ॥ एवं प्रहाय तं वीरमगमंस्ते विहायसि ॥ पार्थानामपि कोव्यस्तु गृहीतानां तदाऽभवन् ॥ ५८ ॥ नान्तं
ददर्श कृष्णश्च कार्ष्णिश्च रिपुनाशनौ ॥ विच्छिद्य तौ शरैर्वीरौ निकुम्भं पार्थवर्जितौ ॥ ५९ ॥ एकैकस्तु द्विधा च्छिन्नो द्वेधा भवति भारत ॥

होकर उनके पास आये और निकुम्भके वधकी कामना करते हुए खड़े हो गये ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ तदनन्तर मायावी प्रद्युम्न निकुम्भकी मायाका भेद जानकर बोले—तात! दुरात्मा निकुम्भ अब इस शरीरमें नहीं है। वह दुर्बुद्धि कहीं अन्यत्र चला गया है ॥ ५३ ॥ प्रद्युम्नके ऐसा कहते ही वह शरीर अदृश्य हो गया। यह कौतुक देखकर अर्जुन और भगवान कृष्ण दोनों ठठाकर हँसने लगे ॥ ५४ ॥ उसी समय सहसा दस हजार निकुम्भमूर्तियाँ आकाश और पृथिवीपर चारों विचरती दीखने लगीं ॥ ५५ ॥ उसी प्रकार इधर भी हजारों कृष्ण, हजारों अर्जुन तथा हजारों प्रद्युम्न दिखायी देने लगे। उस समय यह कौतुक देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ ॥ ५६ ॥ तब उन निकुम्भरूपधारी असुरोंमेंसे कोई अर्जुनका धनुष, कोई बाण, कोई उनके दोनों हाथ और कोई असुर उनके दोनों पैर पकड़कर आकाशकी ओर उड़ चला। किन्तु इधर भी करोड़ों अर्जुन एक साथ दिखायी देने लगे ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ तब शत्रुनाशन कृष्ण और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रद्युम्नने पहले तो उस दैत्यका कहीं पता नहीं पाया। बादमें वे दोनों पिता-पुत्र जब निकुम्भको बाणोंसे काटकर दो-दो खण्ड करने लगे तो उसके एक-एक खण्डने भिन्न-भिन्न निकुम्भका रूप धारण करना आरम्भ कर दिया। तदनन्तर जब भगवान वासुदेवके हृदयमें दिव्य ज्ञानका उदय हुआ, तब उन्हें पता चला कि यह मायावी दानव अपनी माया द्वारा अर्जुनका अपहरण कर रहा है ॥ ५९-६१ ॥ पता लगते ही भगवान कृष्णने सबके देखते-देखते अपने सुदर्शन चक्रसे उसका मस्तक काटकर दो खण्डोंमें विभक्त कर दिया ॥ ६२ ॥ हे महाराज! तब विवश होकर उस दानवने अर्जुनको छोड़ दिया और स्वयं उसी तरह आकाशसे नीचेकी ओर गिरने लगा, जैसे किसी महान् वृक्षकी जड़ कट गयी हो और वह पृथिवीपर लोट जाय ॥ ६३ ॥ साथ ही अर्जुनको भी आकाशसे नीचे गिरते देखकर भगवानके आदेशसे कृष्णतनय प्रद्युम्नने बीचमें ही सम्हाल लिया ॥ ६४ ॥ उधर जब निकुम्भ मरकर धराशायी हो गया, तब अर्जुनको आश्वासन देकर भगवान उनके साथ द्वारका लौट आये ॥ ६५ ॥ द्वारकामें आकर भगवानने पहले देवर्षि नारदकी चरणवन्दना की ॥ ६६ ॥ उसी समय देवर्षि नारदने

दिव्यज्ञानस्तदा कृष्णो भगवाननुदृष्टवान् ॥ ६० ॥ निकुम्भं तत्त्वतश्चापि ददर्श मधुसूदनः ॥ स्रष्टारं सर्वमायानां हर्तारं फाल्गुनस्य च ॥ ६१ ॥
स चक्रेण शिरस्तस्य चकर्तासुरसूदनः ॥ पश्यतां सर्वभूतानां भूतभव्यभवो हरिः ॥ ६२ ॥ स मुक्त्वा फाल्गुनं राजञ्छिन्ने शिरसि भारत ॥
पपातासुरमुख्योऽथ च्छिन्नमूल इव द्रुमः ॥ ६३ ॥ अथाकाशगतं पार्थं पतमानं विहायसः ॥ कृष्णवाक्येन जग्राह कार्ष्णिर्वीर्यवतां मानद ॥ ६४ ॥
निकुम्भे पतिते भूमौ समाश्वास्य धनञ्जयम् ॥ जगाम द्वारकां देवः पार्थकामसमन्वितः ॥ ६५ ॥ समियाय दशार्होऽथ द्वारकां मुदितो विभुः ॥
नारदं च महात्मानं ववन्दे यदुनन्दनः ॥ ६६ ॥ नारदोऽथ महातेजा भानुं यादवमब्रवीत् ॥ भानो मा कार्षीर्मन्युं त्वं श्रूयतां भैमनन्दन
॥ ६७ ॥ क्रीडन्त्या रैवतोद्याने दुर्वासाः कोपितोऽनया ॥ स शशाप ततो रोषान्मुनिर्दुहितरं तव ॥ ६८ ॥ अतिदुर्ललितैः कन्या शत्रुहस्तं
गमिष्यति ॥ सुतार्थे तं मया सार्द्धं मुनिभिः स प्रसादितः ॥ ६९ ॥ बालां व्रतवतीं कन्यामनागसमिमां मुने ॥ शप्तवानसि धर्मज्ञ कथं धर्मभृतां
वर ॥ अनुग्रहं विधत्स्वात्र वयं विज्ञापयामहे ॥ ७० ॥ अस्माभिरेवमुक्तस्तु दुर्वासा भैमनन्दन ॥ उवाचाधोमुखो भूत्वा मुहूर्तं कृपयाऽन्वितः
॥ ७१ ॥ यदवोचमहं वाक्यं तत्तथा न तदन्यथा ॥ रिपुहस्तमवश्यं हि गमिष्यति न संशयः ॥ ७२ ॥ अदूषितानुधर्मेण भर्तारमुपलप्स्यति ॥

यादवोत्तम भानुको सम्बोधित करके कहा—हे यदुवर! तुम अपनी कन्याके लिए अपने मनमें किसी प्रकारके क्षोभको स्थान मत देना ॥ ६७ ॥ एक समय तुम्हारी कन्या भानुमती रैवतोद्यानमें खेल रही थी। इसी प्रसंगमें उसने महामुनि दुर्वासाको कुपित कर दिया। जिससे रोषवश महामुनिने उसे शाप दे दिया ॥ ६८ ॥ उन्होंने कहा—अति दुलारके कारण तुझे शत्रुके हाथमें पड़ना होगा। उसके बाद मैं तुम्हारी कन्याका शापमोचन करनेके लिए अन्यान्य मुनियोंको लेकर महामुनि दुर्वासाको मनाने लगा। मैंने उनसे कहा—हे धार्मिकवर! भानुमती अबोध बालिका और बड़े ही चंचल स्वभावकी बच्ची है। अतएव उसके किसी अपराधपर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। ऐसी दशामें आपने उसे शाप क्यों दे दिया? जो भी हो, अब हम लोगोंका यही अनुराध है कि आप उसे शापमुक्त कर दें ॥ ६९ ॥ ७० ॥ हे यदुसत्तम! हम लोगोंके ऐसा कहनेपर मुनिवर दुर्वासा क्षणभर नीचे मुख करके बैठे रहे। उसके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाद सदयभावसे उन्होंने कहा—'जो मैं कह चुका, वह मिथ्या नहीं हो सकता। उसे अवश्य शत्रुके हाथोंमें पड़ना होगा ॥ ७१ ॥ ७२ ॥ किन्तु धार्मिक दृष्टिसे वह अदूषितावस्थामें ही लौटाकर अपने पतिके हाथों समर्पित होगी और वहाँ उसे बहुत धन, पुत्र, सौभाग्य तथा लक्ष्मीका लाभ होगा ॥ ७३ ॥ उसके शरीरसे सदा सुगन्धि निकलती रहेगी। इस समय उसे जो शाप मिला है, उसके कारण उसे कभी किसी प्रकारका शोक नहीं सहना पड़ेगा' ॥ ७४ ॥ देवर्षि नारदने कहा—"हे वीर! अब आप अपनी वह शापग्रस्त कन्या सहदेवको दे दीजिए। क्योंकि सहदेव श्रद्धालु, वीर और धर्मात्मा पाण्डव हैं" ॥ ७५ ॥ हे महाराज! नारदकी बातपर सब यादवोंको विश्वास हो गया। तदनुसार भगवान कृष्णने माद्रीतनय सहदेवको हस्तिनापुरीसे बुलवा लिया और भानुने अपनी कन्या भानुमती उन्हें दे दी। इस प्रकार विवाहकार्य सम्पन्न हो जानेपर सहदेव अपनी पत्नीके साथ हस्तिनापुर चले गये ॥ ७६ ॥ ७७॥ जो मनुष्य श्रद्धाके साथ भगवान कृष्णकी इस विजयगाथाको पढ़ता या सुनता है, वह अपने सभी कार्योंमें विजयी होता है ॥७८॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेज-

बहुपुत्रा बहुधना सुभगा च भविष्यति ॥ ७३ ॥ सुगन्धगन्धा च सदा कुमारी च पुनः पुनः ॥ न च शोकमिमं घोरं तन्वङ्गी धारयिष्यति ॥ ७४ ॥ एतां भानुमतीं वीर सहदेवाय दीयताम् ॥ श्रद्धधानः स शूरश्च धर्मशीलश्च पाण्डवः ॥ ७५ ॥ ततो भानुमतीं भानुर्ददौ माद्रीसुताय वै ॥ सहदेवाय धर्मात्मा नारदस्य वचः स्मरन् ॥ ७६ ॥ आनीतः सहदेवश्च प्रेषितश्चक्रपाणिना ॥ विवाहे च तदा वृत्ते सभार्यः स पुरीं गतः ॥ ७७ ॥ इमं कृष्णस्य विजयं यः पठेच्छृणुयादपि ॥ विजयं सर्वकृत्येषु श्रद्दधानो लभेन्नरः ॥७८॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे निकुम्भवधो नाम द्विनवतितमोऽध्यायः ॥९२॥

जनमेजय उवाच ॥ भानुमत्यापहरणं विजयं केशवस्य च ॥ छालिक्यानयनं चैव देवलोकान्महामुने ॥ १ ॥ क्रीडां च सागरे दिव्यां वृष्णीनामतितेजसाम् ॥ अश्रौषं परमाश्चर्यं मुने धर्मभृतां वर ॥ २ ॥ वज्रनाभवधं ह्युक्तं निकुम्भवधकीर्तने ॥ तन्मे कौतूहलं श्रोतुं प्रसादाद्भवतो मुने ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ हन्त ते वर्तयिष्यामि वज्रनाभवधं नृप ॥ विजयं चैव कामस्य सांबस्यैव च भारत ॥ ४ ॥ मेरोः सानौ नरपते तपश्चक्रे महासुरः ॥ वज्रनाभ इति ख्यातो निश्चितः समितिंजयः ॥ ५ ॥ तस्य तुष्टो महातेजा ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ वरेण च्छन्दयामास तपसा

पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विनवतितमोऽध्यायः ॥ ९२ ॥

(वज्रनाभकी उक्तियाँ) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजयने कहा—हे मुनिवर! आपकी कृपासे मैंने भानुमतीहरण, श्रीकृष्ण-विजय, देवलोकसे छालिक्यगीतका आनयन एवं यादवोंका जलविहार आदि आश्चर्यजनक कथायें सुनीं ॥ १ ॥ २ ॥ निकुम्भवधकी कथाके प्रसङ्गमें आपने वज्रनाभवधका भी उल्लेख किया है। अतएव अब आप मुझे वज्रनाभवधकी कथा सुनाइए। क्योंकि उसे सुननेके लिए मेरे मनमें बड़ी प्रबल उत्सुकता है ॥ ३ ॥ वैशम्पायनने कहा—हे महाराज! अब मैं वज्रनाभवध और उसके उपलक्ष्यमें साम्ब तथा प्रद्युम्नविजयकी कथा कह रहा हूँ, सुनिए ॥ ४ ॥ वज्रनाभके नामसे विख्यात वह महान् असुर सुमेरुपर्वतकी कन्दरामें जाकर तपस्या करने लगा ॥ ५ ॥ इस प्रकार कुछ दिन तपस्या करनेपर लोकपितामह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मा प्रसन्न होकर उसके पास गये और वर माँगनेका अनुरोध किया ॥६॥ तब उसने देवताओंके हाथों अवध्यता, सर्वरत्नविभूषित अतिसुन्दर वज्रपुर, वहाँ उसकी अनुमतिके बिना वायुके भी प्रवेशका अनधिकार, अनायास सभी सुखसाधनोंकी प्राप्ति, पुरीके चारों ओर उपनगर और सैकड़ों रमणीय उद्यान निर्मित हो जानेका वरदान माँगा ॥ ८–९ ॥ लोकपितामह ब्रह्मा 'तथास्तु' कहकर अन्तर्धान हो गये। उनके वरदानसे उसकी सब कामनायें पूर्ण हो गयीं और वह बड़े आनन्दके साथ वज्रनगरमें निवास करने लगा ॥ १० ॥ तदनन्तर चारों ओरसे करोड़ों असुर आ-आकर उस वरप्राप्त महान् असुर वज्रनाभकी छत्रछायामें रहने लगे। उनमेंसे कुछ आस-पासके उपनगरों और कुछ उद्यानोंमें रहते थे। सभी दानव सदा हृष्ट-पुष्ट तथा प्रमुदित रहते थे ॥ ११ ॥ १२ ॥ इस प्रकार जब सब लोग सानन्द रह रहे थे, तभी वह दुष्ट दानव ब्रह्माके वरसे उद्धत होकर सब लोगोंको सतानेके लिए उद्यत हो गया ॥ १३ ॥ एक

परितोषितः ॥६॥ अवध्यतां स देवेभ्यो वव्रे दानवसत्तमः॥ पुरं वज्रपुरं चापि सर्वरत्नमयं शुभम् ॥७॥ स्वच्छन्देन प्रवेशश्च न वायोरपि भारत ॥
अचिन्तितेन कामानामुपपत्तिर्नराधिप ॥ ८ ॥ शाखानगरमुख्यानां संवाहानां शतानि च ॥ नगरस्याप्रमेयस्य समन्ताज्जनमेजय ॥ ९ ॥ तथा तदभ-
वत्तस्य वरदानेन भारत ॥ उवास वज्रनगरे वज्रनाभो महासुरः ॥ १० ॥ कोटिशो वरलब्धं तमसुराः परिवार्य ते ॥ ऊषुर्वज्रपुरे राजन्संवाहेषु तथैव
च ॥ ११ ॥ शाखानगरमुख्येषु रम्येषु च नराधिप ॥ हृष्टपुष्टप्रमुदिता नृप देवस्य शत्रवः ॥ १२ ॥ वज्रनाभोऽथ दुष्टात्मा वरदानेन दर्पितः ॥ पुरेऽस्य
चात्मनश्चैव जगद्बाधितुमुद्यतः ॥ १३ ॥ महेन्द्रमब्रवीद्गत्वा देवलोकं विशांपते ॥ अहमीशितुमिच्छामि त्रैलोक्यं पाकशासन ॥ १४ ॥ अथवा मे
प्रयच्छस्व युद्धं देवगणेश्वर ॥ सामान्यं हि जगत्कृत्स्नं काश्यपानां महात्मनाम् ॥ १५ ॥ स बृहस्पतिना सार्द्धं मन्त्रयित्वा महेश्वरः ॥ वज्रनाभं
सुरश्रेष्ठः प्रोवाच कुरुवंशज ॥ १६ ॥ सत्रेषु दीक्षितः सौम्य कश्यपो नः पिता मुनिः ॥ तस्मिन्वृत्ते यथा न्याय्यं तथा स हि करिष्यति ॥ १७ ॥
ततः स पितरं गत्वा कश्यपं दानवोऽब्रवीत् ॥ यथोक्तं देवराजेन तमुवाचाथ कश्यपः ॥ १८ ॥ सत्रे वृत्ते करिष्यामि यथा न्याय्यं भविष्यति ॥ त्वं
तु वज्रपुरे पुत्र वस गच्छ समाश्रितः ॥ १९ ॥ एवमुक्ते वज्रनाभः स्वमेव नगरं गतः ॥ महेन्द्रोऽपि ययौ देवो द्वारकां द्वारशालिनीम् ॥ २० ॥
गत्वा चांतर्हितो देवो वासुदेवमथाब्रवीत् ॥ वज्रनाभस्य वृत्तान्तं तमुवाच जनार्दनः ॥ २१ ॥ शौरेरुपस्थितो देव वाजिमेधो महाक्रतुः ॥ तस्मि-

दिन वह देवलोकमें इन्द्रके पास गया और बोला—देवेन्द्र! मैं ही सारी त्रिलोकीका शासन करना चाहता हूँ ॥ १४ ॥ यदि मेरी बातसे सहमत न हों तो आइए—मेरे साथ युद्ध करिए। वस्तुतः समस्त संसारपर शासन करनेके अधिकारी हम कश्यपके वंशज ही हैं ॥ १५ ॥ उसके बाद देवगुरु बृहस्पतिके साथ मंत्रणा करके देवराजने कहा—हे सौम्य! हमारे पिता कश्यप इस समय यज्ञकी दीक्षा लिये हुए हैं। अतएव उनका यज्ञ सम्पन्न हो जानेपर वे जो उचित होगा, सो करेंगे ॥ १६ ॥ १७ ॥ तदनन्तर वह दानव अपने पिता कश्यपके पास गया और उन्हें अपना अभिप्राय बताया। तब उन्होंने उसे सम्बोधित करके कहा—वत्स! अभी तो मैं यज्ञकार्यमें व्यस्त हूँ। अतएव तुम वज्रपुरमें जाकर सुखसे रहो। यज्ञ समाप्त हो जानेपर जो उचित होगा सो करूँगा ॥१८॥१९॥ पिताके ऐसा कहनेपर वह अपने नगरको लौट गया। इधर देवराज इन्द्र गुप्तरीतिसे द्वारका पहुँचे और उन्होंने श्रीकृष्णको वज्रनाभका आद्योपान्त समस्त वृत्तान्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कह सुनाया। देवेन्द्रके वचन सुनकर भगवान बोले—देवराज! शीघ्र ही महात्मा वसुदेवका अश्वमेध यज्ञ आरम्भ होनेवाला है। सो उस यज्ञमें ही मैं उस असुरका वध करूँगा ॥२०–२२॥ किन्तु ब्रह्माजीके वरदानके कारण उस असुरकी अनुमतिके बिना वायुको भी उसके नगरमें प्रविष्ट होनेका अधिकार नहीं है। सो पितामहके वरदानका उल्लंघन किये बिना वज्रपुरीमें प्रवेश हो सके, ऐसा कोई उपाय सोचना होगा ॥२३॥ इस प्रकार कथोपकथनके बाद देवराज इन्द्र भगवान कृष्ण द्वारा सत्कृत होकर देवलोक चले गये। इधर वसुदेवका यज्ञ आरम्भ हो गया ॥ २४ ॥ उधर इन्द्र और भगवान कृष्ण वज्रपुरमें प्रवेश करनेका उपाय सोचने लगे ॥२५॥ वसुदेवका यज्ञकार्य सुचारुरूपसे सम्पन्न हो रहा था, उसी समय भद्रनामके एक नटने नृत्य-प्रदर्शन करके वहाँ उपस्थित ऋषियोंको प्रसन्न कर लिया। तब उन ऋषियोंने उससे वर माँगनेका अनुरोध किया। देवोपम तेजस्वी नट भद्र जब वर माँगनेको उद्यत हुआ, उसी समय

न्वृत्ते वज्रनाभं पातयिष्यामि वासव ॥ २२ ॥ तत्रोपायं प्रवेशे तु चिन्तयावः सतां गतेः ॥ नानिच्छया प्रवेशोऽस्ति तत्र वायोरपि प्रभो ॥ २३ ॥
ततो गतो देवराजो वासुदेवेन सत्कृतः ॥ वाजिमेधे च संप्राप्ते वसुदेवस्य भारत ॥ २४ ॥ तस्मिन् यज्ञे वर्तमाने प्रवेशार्थं सुरोत्तमौ ॥ चिन्तयामासतु-
र्वीरौ देवराजाच्युतावुभौ ॥२५॥ तत्र यज्ञे वर्तमाने सुनाट्येन नटस्तदा ॥ महर्षींस्तोषयामास भद्रनामेति नामतः ॥२६॥ तं वरेण मुनिश्रेष्ठश्छन्दया-
मासुरात्मवान् ॥ स वव्रे तु नटो भद्रो वरं देवेश्वरोपमः ॥ २७ ॥ देवेन्द्रकृष्णच्छन्देन सरस्वत्या प्रचोदितः ॥ प्रणिपत्य मुनिश्रेष्ठानश्वमेधे समाग-
तान् ॥ २८ ॥ नट उवाच ॥ भोज्यो द्विजानां सर्वेषां भवेयं मुनिसत्तमाः ॥ सप्तद्वीपां च पृथिवीं विचरेयमिमामहम् ॥ २९ ॥ प्रसिद्धाकाशगमनः
शक्तुवंश्च विशेषतः ॥ अवध्यः सर्वभूतानां स्थावरा ये च जङ्गमाः ॥ ३० ॥ यस्य यस्य च वेषेण प्रविशेयमहं खलु ॥ मृतस्य जीवतो वापि भाव्ये-
नोत्पादितस्य वा ॥ ३१ ॥ सतूर्यस्तादृशः स्यां वै जरारोगविवर्जितः ॥ तुष्येयुर्मुनयो नित्यमन्ये च मम सर्वदा ॥ ३२ ॥ एवमस्त्विति संप्रोक्तो
ब्राह्मणैर्नृपते नटः ॥ सप्तद्वीपां वसुमतीं पर्यटत्यमरोपमः ॥ ३३ ॥ पुराणि दानवेन्द्राणामुत्तरांश्च कुरूंस्तथा ॥ भद्राश्वान्केतुमालांश्च कालाम्रद्वीपमेव
च ॥३४॥ पर्वणीषु तु सर्वासु द्वारकां यदुमण्डिताम् ॥ आयाति वरदत्तः स लोकवीरो महानटः ॥३५॥ ततो हंसान्धार्तराष्ट्रान्देवलोकनिवासिनः ॥

इन्द्र तथा श्रीकृष्णके आदेशानुसार देवी सरस्वती उसके कण्ठमें जाकर बैठ गयीं। अतः उस नटने उन ऋषियोंको सम्बोधित करके कहा—॥ २६–२९ ॥ मेरी आकाशयात्रामें कोई बाधा न रहे। स्थावर-जङ्गम किसी भी प्राणी द्वारा मेरी मृत्यु न हो। मेरी इच्छा हो तो मैं मृत, जीवित तथा भविष्यके प्राणियोंका रूप धारण करके जहाँ चाहूँ, वहाँ चला जाऊँ ॥३०॥३१॥ मुझे जरा (बुढ़ापा) तथा रोग स्पर्श भी न कर सके। सभी मुनिजन एवं अन्यान्य प्राणी सदा मुझपर प्रसन्न रहें। आप लोग मुझे ये ही वर प्रदान करें ॥ ३२ ॥ ब्राह्मणोंके 'तथास्तु' कहकर वरदान दे देनेके बाद वह देवोपम नट सप्तद्वीपवती पृथिवीपर इच्छानुसार भ्रमण करने लगा ॥३३॥ तदनन्तर उसने समस्त दानवोंकी पुरियां, उत्तरकुरु, केतुमाल तथा कालाम्रद्वीप प्रभृति स्थानोंमें भ्रमण करना आरम्भ कर दिया ॥ ३४ ॥ बादमें वह महानट प्रत्येक पर्वपर यादवपरिवेष्टित द्वारका पुरीमें भी पहुँचने लगा ॥ ३५ ॥ उसी समय देवराज इन्द्रने देवलोक-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निवासी धृतराष्ट्रतनय हंसोंको बुलाकर कहा—हे हंसगण ! तुम सब कश्यपकी सन्तान होनेके कारण मेरे भ्राता हो । देवलोकमें रहते हुए तुम देवताओं तथा पुण्यात्माओंके विमानोंको अपने उपयोगमें ला सकते हो ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ इस समय शत्रुवधके उपलक्ष्यमें देवताओंका एक विशेष कार्य आ पड़ा है । वह तुम्हीं लोगोंके द्वारा सम्पन्न हो सकेगा । सो बता रहा हूँ, किन्तु उसका भेद कदापि किसीको मत बताना ॥३८॥ हे हंससत्तम ! देवताओंकी आज्ञाका पालन न करनेसे दण्ड प्राप्त होनेका भय बना रहता है । तुम्हारा सर्वत्र गमन हो सकता है । तुम्हारे लिए कोई रोक नही है । अब मैं देवकार्य बताता हूँ, सुनो । इसी समय तुमलोग अप्रवेश्य वज्रनाभकी पुरीमें जाकर वहाँकी बावलीमें विचरण करो ॥ ३९ ॥ ४० ॥ दानवेन्द्र वज्रनाभकी एक कन्या प्रभावती है । उसके समान रूपवती कन्या सारी त्रिलोकीमें और कोई भी नहीं है । चन्द्रमाके समान उस कन्याकी आभा है ॥४१॥ मैंने सुना है कि उसकी माताने

उवाच भगवाञ्शक्रः सान्त्वयित्वा सुरेश्वरः ॥ ३६ ॥ भवन्तो भ्रातरोऽस्माकं काश्यपा देवपक्षिणः ॥ विमानवाहा देवानां सुकृतीनां तथैव च ॥ ३७॥
देवानामस्ति कर्तव्यं कार्यं शत्रुवधान्वितम् ॥ तत्कर्तव्यं न मन्त्रश्च भेत्तव्यो वः कथंचन ॥ ३८ ॥ न कुर्वतां देवताज्ञामुग्रो दण्डः पतेदपि ॥ सर्वत्रा-
प्रतिषिद्धं वो गमनं हंससत्तमाः ॥ ३९ ॥ गत्वाऽप्रवेश्यमन्येषां वज्रनाभपुरोत्तमम् ॥ इतोऽन्तःपुरवापीषु चरध्वमुचितं हि वः ॥ ४० ॥ तस्यास्ति
कन्यारत्नं हि त्रैलोक्यातिशयं शुभम् ॥ नाम्ना प्रभावती नाम चन्द्राभेव प्रभावती ॥ ४१ ॥ वरदानेन सा लब्धा मात्रा किल वरानना ॥ हैमवत्या
महादेव्याः सकाशादिति नः श्रुतम् ॥ ४२ ॥ स्वयंवरा च सा कन्या बन्धुभिः स्थापिता सती ॥ आत्मेच्छया पतिं हंसा वरयिष्यति शोभना
॥ ४३ ॥ तद्भवद्भिर्गुणा वाच्याः प्रद्युम्नस्य महात्मनः ॥ सद्भूताः कुलरूपस्य शीलस्य वयसस्तथा ॥ ४४ ॥ यदा सा रक्तभावा च वज्रनाभसुता
सती ॥ तस्याः सकाशात्संदेशो नयितव्यः समाधिना ॥ ४५ ॥ प्रद्युम्नस्य पुनस्तस्मादानयध्वं तथैव च ॥ स्वबुद्ध्या प्राप्तकालं च संविधेयं हितं
मम ॥ ४६ ॥ नेत्रवक्त्रप्रसादश्च कर्तव्यस्तत्र सर्वथा ॥ ४७ ॥ तथा तथा गुणा वाच्याः प्रद्युम्नस्य महात्मनः ॥ यथा यथा प्रभावत्या मनस्तत्र
भवेत्स्थितम् ॥ ४८ ॥ वृत्तान्तश्चानुदिवसं प्रदेयो मम सर्वथा ॥ द्वारवत्यां च कृष्णस्य भ्रातुर्मम यवीयसः ॥ ४९ ॥ तावद्यत्नश्च कर्तव्यः प्रद्युम्नो

देवी पार्वतीके वरदानसे वह कन्या पायी है । उसके बान्धवोंने उसका स्वयंवर करनेका निश्चय किया है । वह रूप-लावण्यवती कन्या अपनी इच्छासे अभिमत व्यक्तिको पतिरूपमें वरण करेगी ॥४२॥४३॥ अतएव वहाँ रहते हुए तुम उसके समक्ष महात्मा प्रद्युम्नके रूप, गुण तथा शीलका वर्णन करते रहना ॥ ४४ ॥ जब वह वज्रनाभकी पुत्री प्रद्युम्नके गुणोंपर सर्वथा मोहित हो जाय, तब तुम यहाँ आकर मुझे सब समाचार बताना ॥४५॥ उधर प्रद्युम्नका भी मनोगत भाव जानना आवश्यक है । यह हमारे प्रति उपकारका समय उपस्थित है । अब भली-भाँति विवेचना करके जिससे हमारा काम बने, वैसा करना अत्यन्त आवश्यक है ॥४६॥ विशेष करके तुम वहाँ वार्तालापके समय अपने नेत्र और मुखकी प्रभा समुज्ज्वल रखना ॥ ४७ ॥ प्रद्युम्नकी गुणावलियोंका वर्णन इस ढङ्गसे करना कि जिससे प्रभावतीका हृदय उनपर अनुरक्त हो उठे ॥ ४८ ॥ वहाँ रहते हुए तुम नित्य मुझे तथा द्वारकापुरीमें मेरे कनिष्ठ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भ्राता कृष्णको सब समाचार देते रहना ॥ ४९ ॥ इधर प्रद्युम्न भी जिससे प्रभावतीके साथ विवाह करनेको उत्सुक हों, ऐसा कोई प्रयत्न करते रहो ॥ ५० ॥ वज्रनाभ प्रभृति दानवगण ब्रह्माजीसे वर प्राप्त करके देवताओं द्वारा अवध्य हो चुके हैं। अतएव उन्हें बड़ा अभिमान हो गया है। इस लिए देवांशसे उत्पन्न प्रद्युम्न आदि देवपुत्रोंके द्वारा उनका वध कराना होगा ॥५१॥ भद्र नामके जिस नटने वर प्राप्त किया है, सो दैत्यविनाशक प्रद्युम्न आदि यादव उसीका वेश धारण करके वज्रनाभकी पुरीमें प्रविष्ट होंगे ॥५२॥ हे भ्रातृगण! मैंने तुम्हें जैसा बताया है, उसीके अनुसार अथवा उससे भिन्न परिस्थिति आ पड़नेपर भली भाँति विवेचना करके सब कार्य करना ॥ ५३ ॥ वज्रनाभकी आज्ञासे ही वहाँ किसीका प्रवेश हो सकता है। किन्तु हम लोग उसके शत्रु हैं। अतएव हमको वहाँ जानेका अधिकार नहीं है ॥ ५४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिनवतितमोऽध्यायः ॥ ९३ ॥

यावदात्मवित् ॥ पर्यावर्तेद्दुरारोहां वज्रनाभसुतां विभुः ॥ ५० ॥ अवध्यास्ते तु देवानां ब्रह्मणो वरदर्पिताः ॥ देवपुत्रैर्हि हन्तव्याः प्रद्युम्नप्रमुखैर्युधि
॥ ५१ ॥ नटो दत्तवरस्तस्य वेषमास्थाय यादवाः ॥ प्रद्युम्नाद्या गमिष्यन्ति वज्रनाभविनाशनाः ॥ ५२ ॥ एतच्च सर्वं कर्तव्यमन्यच्च सर्वमेव हि ॥
प्राप्तकालं विधातव्यमस्माकं प्रियकाम्यया ॥ ५३ ॥ प्रवेशस्तत्र देवानां नास्ति हंसाः कथंचन ॥ वज्रनाभेप्सिते तत्र प्रवेशः खलु सर्वथा ॥ ५४ ॥
इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वज्रनाभप्रद्युम्नोत्तरे त्रिनवतितमोऽध्यायः ॥ ९३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ते वासववचः श्रुत्वा हंसा वज्रपुरं ययुः ॥ पूर्वोचितं हि गमनं तेषां तत्र जनाधिप ॥ १ ॥ ते दीर्घिकासु रम्यासु
निपेतुर्वीर पक्षिणः ॥ पद्मोत्पलैरावृतासु काञ्चनैः स्पर्शनक्षमैः ॥ २ ॥ ते वै नदन्तो मधुरं संस्कृतापूर्वभाषिणः ॥ पूर्वमप्यागतास्ते तु विस्मयं
जनयन्ति हि ॥ ३ ॥ अन्तःपुरोपभोग्यासु चेरुर्वापीषु ते नृप ॥ दृष्टास्ते वज्रनाभस्य त्रिविष्टपनिवासिनः ॥ ४ ॥ आलपन्तः सुमधुरं धार्तराष्ट्रा
जनेश्वर ॥ स तानुवाच दैतेयो धार्तराष्ट्रानिदं वचः ॥ ५ ॥ त्रिविष्टपे नित्यरता भवन्तश्चारुभाषिणः ॥ यदैवोत्सवोऽस्माकं भवद्भिरवगम्यते
॥ ६ ॥ आगन्तव्यं जालपादाः स्वमिदं भवतां गृहम् ॥ विस्रब्धं च प्रवेष्टव्यं त्रिविष्टपनिवासिभिः ॥ ७ ॥ ते तथोक्ताः शकुनयो वज्रनाभेन भारत ॥

(प्रद्युम्न आदि यादवोंका वज्रपुर प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवराज इन्द्रके वचन सुनकर वे हंस चिर-अभ्यस्त वज्रनाभपुर जा पहुँचे ॥ १ ॥ वहाँ जाकर वे अतिमनोहर एवं काञ्चनपद्मसे परिपूर्ण एक परम रमणीक बावलीमें उतरे ॥ २ ॥ इसके पहले वे वहाँ पहुँचकर जिस प्रकार मधुर स्वरमें कलरव करके सब लोगोंके मनमें विस्मय उत्पन्न किया करते थे, इस समय भी उसी प्रकार सुमधुर बोली बोलते हुए अन्तःपुरकी बावलियोंमें विचरने लगे। यद्यपि वे देवलोकमें निवास करते थे, फिर भी वज्रनाभ उनपर विशेष स्नेह रखते हुए मिला। दितितनय वज्रनाभने उन्हें बुलाकर कहा—हंसगण! वैसे तुमलोग निश्चितरूपसे स्वर्गलोकमें निवास करो, किन्तु जब मेरे यहाँ कोई उत्सव हो, तब अवश्य यहाँ चले आया करो। यह तुम्हारा घर है। यहाँ तुम सर्वदा अनायास आ सकते हो ॥ ३—७ ॥ हे महाराज! दैत्यराजके ऐसा कहनेपर हंसोंने 'तथास्तु' कहकर उसकी बात स्वीकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर ली और पुरीमें प्रविष्ट हुए। वहाँ पहुँचकर देवकार्यकी सिद्धिके लिए उन्होंने वहाँकी सब वस्तुयें पहचान लीं। उनकी मानवी बोलियाँ सुनकर अन्तःपुरकी स्त्रियाँ बहुत प्रसन्न होती थीं। तदनन्तर चारुहासिनी परम रूपवती वज्रनाभकी पुत्री प्रभावती उन्हें दिखायी पड़ी ॥ ८–११ ॥ तत्काल एक-एक करके सब हंसोंसे उसका परिचय हो गया। उनमेंसे शुचिमुखी हंसीके साथ तो उसका सखीभावका सम्बन्ध हो गया ॥१२॥ तदनन्तर एक दिन एकान्तमें नाना प्रकारकी बातें होते होते शुचिमुखीने कहा–॥१३॥ सखी प्रभावती! रूप, गुण और स्वभाव सब बातोंमें मैं तुम्हें त्रिलोकसुन्दरी पा रही हूँ। मेरी एक जिज्ञासा है। वह यह कि तुम्हारा यौवन बीता जा रहा है। यह तो तुम जानती ही हो कि जलके बहाव सदृश एक बार जो समय व्यतीत हो जाता है, वह फिर नहीं लौटता ॥ १४ ॥ १५ ॥ और फिर स्त्रियोंके लिए तो कामोपभोगके सदृश आनन्ददायक अन्य कोई वस्तु नहीं होती ॥ १६ ॥ मैं परिहास

तथेत्युक्त्वा हि विविशुर्दानवेन्द्रनिवेशनम् ॥ ८ ॥ चक्रुः परिचयं ते च देवकार्यव्यपेक्षया ॥ मानुषालापिनस्ते तु कथाश्चक्रुः पृथग्विधाः ॥ ९ ॥
वंशबद्धाः काश्यपानां सर्वकल्याणभागिनाम् ॥ स्त्रियो रेमुर्विशेषेण शृण्वन्त्यः सङ्गताः कथाः ॥ १० ॥ विचरन्तस्ततो हंसा ददृशुश्चारुहासिनीम् ॥
प्रभावतीं वरारोहां वज्रनाभसुतां तदा ॥ ११ ॥ हंसाः परिचितां चक्रुस्तां ततश्चारुहासिनीम् ॥ सखीं शुचिमुखीं चक्रे हंसी राजसुता तदा ॥ १२ ॥
सा तां कदाचित्पप्रच्छ वज्रनाभसुतां सखीम् ॥ विश्रम्भितां पृथक्सूक्तैराख्यानकशतैर्वराम् ॥ १३ ॥ त्रैलोक्यसुन्दरीं वेद्मि त्वामहं हि प्रभावति ॥
रूपशीलगुणैर्देवि किञ्चित्त्वां वक्तुमुत्सहे ॥ १४ ॥ व्यतिक्रामति ते भीरु यौवनं चारुहासिनि ॥ यदतीतं पुनर्नैति गतं स्रोत इवाम्भसः ॥ १५ ॥
कामोपभोगतुल्या हि रतिर्देवि न विद्यते ॥ स्त्रीणां जगति कल्याणि सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ॥ १६ ॥ स्वयंवरे च न्यस्ता त्वं पित्रा सर्वाङ्गशोभने ॥ न च
कांश्चिद्वरयसे देवासुरकुलोद्भवान् ॥ १७ ॥ व्रीडिता यान्ति सुश्रोणि प्रत्याख्यातास्त्वया शुभे ॥ रूपशौर्यगुणैर्युक्तान्सदृशांस्त्वं कुलस्य हि ॥ १८ ॥
आगतान्नेच्छसे देवि सदृशान्कुलरूपयोः ॥ इहैष्यति किमर्थं वा प्रद्युम्नो रुक्मिणीसुतः ॥ १९ ॥ त्रैलोक्ये यस्य रूपेण सदृशो न कुलेन वा ॥
गुणैर्वा चारुसर्वाङ्गि शौर्येणाप्यति वा शुभे ॥ २० ॥ देवेषु देवः सुश्रोणि दानवेषु च दानवः ॥ मानुषेष्वपि धर्मात्मा मनुष्यः स महाबलः ॥ २१ ॥
यं सदा देवि दृष्ट्वा हि स्रवन्ति जघनानि हि ॥ आपीनानीव धेनूनां स्रोतांसि सरितामिव ॥ २२ ॥ न पूर्णचन्द्रेण मुखं नयने वा कुशेशयैः ॥

नहीं करती, बल्कि सच कह रही हूँ। तुम्हारे पिताने तुम्हें स्वयम्वरको समर्पित कर दिया है। लेकिन तुम देवकुल तथा असुरकुल किसी भी कुलके युवकको नहीं वरण कर रही हो ॥ १७ ॥ रूपवान्, गुणवान्, बलवान् और तुम्हारे वंशके अनुरूप जितने भी राजकुमार आते हैं, वे तुम्हारे द्वारा तिरस्कृत होकर लज्जित होते हुए लौट जाते हैं ॥ १८ ॥ अपने अनुरूप राजकुमारोंके आनेपर जब तुम उनका वरण नहीं करतीं, तब अपमानित होनेके लिए कौन तुम्हारे पास आयेगा? एक राजकुमार रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न हैं। जिनके सदृश रूपवान्, गुणवान्, कुलीन और वीर समस्त त्रिलोकीमें और कोई नहीं है ॥ १९ ॥ २० ॥ जिन्हें देवताओंमें देवता, दानवोंमें दानव एवं मनुष्योंमें परम पराक्रमी मनुष्यके रूपमें गिना जाता है ॥२१॥ जिनको एक बार नेत्रोंसे देख लेनेपर गौके दूधको तरह और नदियोंके स्रोतके समान स्त्रियोंका जघनभाग स्खलित हो जाता है ॥२२॥ जिनके मुखकी तुलना पूर्णचन्द्रके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ, नयनकी कमलके साथ और गतिकी तुलना मृगेन्द्रके साथ नहीं की जा सकती ॥ २३ ॥ जिन्होंने बाल्यावस्थामें ही पापी शम्बरासुरको समाप्त कर दिया है । जिन्हें संसारकी कोई भी माया अज्ञात नहीं है । किन्तु उनका स्वभाव सर्वथा निष्कपट है । हे शुभे ! समस्त संसारका सार लेकर विष्णुभगवानने साक्षात् कामदेवको पुत्ररूपमें निर्मित किया है ॥२४॥२५॥ जिनकी दीप्ति अग्निके समान, क्षमा पृथिवी सदृश, तेज सूर्यतुल्य और गाम्भीर्य समुद्रके सदृश है । हे पृथुश्रोणि ! इनके अतिरिक्त आप जिन गुणावलियोंकी कल्पना कर सकती हों, वे सब कृष्णतनय प्रद्युम्नमें विद्यमान हैं । यदि तुम इसी प्रकार राजकुमारोंकी अवहेलना करती रहोगी तो वे असाधारण गुणी प्रद्युम्न यहाँ कैसे आयेंगे ? हंसी शुचिमुखीने यह बात कही ॥२६॥२७॥ तब प्रभावती बोली—हे सखी ! मैंने बुद्धिमान् नारद तथा अपने पिताके मुखसे अनेक बार सुना है कि भगवान विष्णु इस समय मर्त्यलोकमें निवास कर रहे है ॥ २८ ॥ वे दैत्योंके परम शत्रु हैं । उपनगर विभागमें जितने भी दैत्य रहते हैं, उनसे मेरे पिताजी प्रायः कहा करते हैं कि विष्णुके प्रदीप्त चक्र, शार्ङ्ग धनुष और गदाके प्रभावसे हमारे असुरकुलका

उत्सहे नोपमातुं हि मृगेन्द्रेणाथ वा गतिम् ॥२३॥ जगतः सारमुद्धृत्य पुत्रः स विहितः शुभे ॥ कृत्वाऽनङ्गं वरं साङ्गं विष्णुना प्रभविष्णुना ॥२४॥ हृतेन शम्बरो बालो येन पापो निबर्हितः ॥ मायाश्च सर्वाः संप्राप्ता न च शीलं विनाशितम् ॥ २५ ॥ यान्यान्गुणान्पृथुश्रोणि मनसा कल्पयिष्यसि ॥ एष्टव्यास्त्रिषु लोकेषु प्रद्युम्ने सर्व एव ते ॥ २६ ॥ रुच्या वह्निप्रतीकाशः क्षमया पृथिवीसमः ॥ तेजसा सूर्यसदृशो गाम्भीर्येण ह्रदोपमः ॥ प्रभावती शुचिमुखी त्वितीहोवाच भामिनी ॥ २७ ॥ प्रभावत्युवाच ॥ विष्णुर्मानुषलोकस्थः श्रुतः सुबहुशो मया ॥ पितुः कथयतः सौम्ये नारदस्य च धीमतः ॥ २८ ॥ शत्रुः किल स दैत्यानां वर्जनीयः सदाऽनघे ॥ कुलानि किल दैत्यानां तेन दग्धानि मानिनि ॥ २९ ॥ प्रदीप्तेन रथाङ्गेन शार्ङ्गेण गदया तथा ॥ शाखानगरदेशेषु वसन्ति किल येऽसुराः ॥ ३० ॥ इत्यते दानवेन्द्रेण संदिश्यन्ते हि तं प्रति ॥ मनोरथो हि सर्वासां स्त्रीणामेव शुचिस्मिते ॥ ३१ ॥ भर्वोद्धि मे पतिकुलं श्रेष्ठं पितृकुलादिति ॥ यदि नामाभ्युपायः स्यात्तस्येहागमनं प्रति ॥ ३२ ॥ महाननुग्रहो मे स्यात्कुलं स्यात्पावितं च मे ॥ समर्थनां मे पृष्टा त्वं प्रयच्छ शुचिलापिनि ॥ ३३ ॥ प्रद्युम्नः स्याद्यथा भर्ता स मे वृष्णिकुलोद्भवः ॥ अत्यन्तवैरी दैत्यानामुद्वेजनकरो हरिः ॥३४॥ असुराणां स्त्रियो वृद्धाः कथयन्त्यो मया श्रुताः ॥ प्रद्युम्नस्य तथा जन्म पुरस्तादपि मे श्रुतम् ॥३५॥ यथा च

संहार हुआ है । अतएव हमें सदा उससे दूर रहना चाहिए ॥ २९ ॥ ३० ॥ विष्णु भगवानके विषयमें मेरे पिताजी असुरोंको सदा ऐसे उपदेश दिया करते हैं । लेकिन कुछ भी हो, स्त्री-जातिका स्वभाव ही ऐसा होता है कि शत्रु होनेपर भी बलवानोंकी ओर ही वे आकृष्ट होती हैं ॥ ३१ ॥ अतएव प्रायः सभी महिलाओंकी यह कामना होती है कि मेरे पितृकुलकी अपेक्षा पतिकुल बलवान् हो । इस समय यही प्रार्थना है कि यदि तुम प्रद्युम्नके यहाँ आनेका कोई उपाय कर सको तो तुम्हारी बड़ी कृपा होगी । क्योंकि इससे मेरा पितृकुल पवित्र हो जायगा । हे शुचिलापिनि ! तुम मेरे विचारका समर्थन करती हुई मेरे प्रश्नोंका उत्तर दो ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ पहले मुझे यह बताओ कि वृष्णिकुलोत्पन्न प्रद्युम्नके साथ मेरा विवाह होनेका क्या उपाय है ? क्योंकि उनके पिता श्रीकृष्ण दैत्योंके परम वैरी तथा उनके विनाशक हैं ॥ ३४ ॥ प्रद्युम्नने जिस प्रकार जन्म लिया और जिस तरह उन्होंने शम्बरासुरका वध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया, आद्योपान्त वह सारा वृतान्त मैंने असुरोंकी वृद्धा स्त्रियोंके मुखसे सुना है। और जबसे सुना तभीसे वे मेरे मनमें बस गये हैं ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ किन्तु उनके साथ समागम होनेका कोई उपाय नहीं सूझता। हे सखी! उनसे मिलनेके विषयमें तुम मेरी दूतीका काम करो तो मैं तुम्हारी दासी बन जाऊँगी ॥ ३७ ॥ तुम बड़ी चतुर हो। अतएव उनसे मिलनेका तुम्हीं मुझे कोई उपाय अवश्य बताओ। हे महाराज! तदनन्तर शुचिमुखीने प्रभावतीको सान्त्वना देते हुए कहा ॥ ३८ ॥ शुचिमुखी बोली—हे चारुहासिनि! मैं अभी तुम्हारी दूती बनकर वहाँ जा रही हूँ। जाकर तुम्हारे इस उदार अनुरागका सारा इतिहास कह सुनाऊँगी और जिससे प्रद्युम्न तुम्हारे पास आयें, इसके लिए भी प्रयत्न करूँगी। हे सुश्रोणि! यदि किसी प्रकार तुम्हारी यह कामना पूर्ण हो गयी तो तुम साक्षात् कामदेवकी भामिनी बन जाओगी ॥ ३९ ॥ ४० ॥ हे सुनयनी! देखना, मेरी बात सत्य होती है या नहीं। इस समय तो तुम शीघ्र अपने पिताके पास जाकर मेरे वाणी-कौशलका वृत्तान्त बताओ ॥ ४१ ॥ हे देवि! मेरा मन कहता है कि ऐसा करनेसे अवश्य तुम्हारा कल्याण होगा। शुचिमुखीके ऐसा कहनेपर

तेन निहतो बलवान्कालशम्बरः ॥ हृदि मे वर्तते नित्यं प्रद्युम्नः खलु सत्तमे ॥ ३६ ॥ हेतुः स नास्ति स्यात्तेन यथा मम समागमः ॥ दासी तवाहं सख्यहें दूत्ये त्वां च विसर्जये ॥ ३७ ॥ पण्डिताऽसि वदोपायं मम तस्य च सङ्गमे ॥ ततस्तां सान्त्वयित्वा सा प्रहसन्तीदमब्रवीत् ॥ ३८ ॥ शुचिमुख्युवाच ॥ तत्र दूती गमिष्यामि तवाहं चारुहासिनि ॥ इमां भक्तिं तवोदारां प्रवक्ष्यामि शुचिस्मिते ॥ ३९ ॥ तथा चैव करिष्यामि यथैष्यति तवान्तिकम् ॥ साक्षात्कामेन सुश्रोणि भविष्यति सकामिनी ॥ ४० ॥ इति मे भाषितं नित्यं स्मरेथाः शुचिलोचने ॥ कथाकुशलतां पित्रे कथयस्वायतेक्षणे ॥ ४१ ॥ ममत्वं तत्र मे देवि हितं सम्यक्प्रपत्स्यसे ॥ इत्युक्ता सा तथा चक्रे यत्तत्सा तामथाब्रवीत् ॥ ४२ ॥ दानवेन्द्रश्च तां हंसीं पप्रच्छान्तःपुरे तदा ॥ प्रभावत्या समाख्याता कथाकुशलता तव ॥ ४३ ॥ तत्त्वं शुचिमुखि ब्रूहि कथां योग्यतया वरे ॥ किं त्वया दृष्टमाश्चर्यं जगत्युत्तमपक्षिणि ॥ ४४ ॥ अदृष्टपूर्वमन्यैर्वा योग्यायोग्यमनिन्दिते ॥ सोवाच वज्रनाभं तु हंसी नरवरोत्तम ॥ ४५ ॥ श्रूयतामित्यथामन्त्र्य दानवेन्द्रं महाद्युतिम् ॥ दृष्टा मे शाण्डिली नाम साध्वी दानवसत्तम ॥ आश्चर्यं कर्म कुर्वन्ती मेरुपार्श्वे मनस्विनी ॥ ४६ ॥ सुमनाश्चैव कौशल्या सर्वभूतहिते रता ॥ कथंचिद्दरशाण्डिल्याः शैलपुत्र्याः शुभा सखी ॥ ४७ ॥ नटश्चैव मया दृष्टो मुनिदत्तवरः शुभः ॥ कामरूपी च भोज्यश्च त्रैलोक्ये नित्य-

प्रभावती तत्काल पिताके पास गयी और उसके वचनकौशलकी महिमा कह सुनायी ॥ ४२ ॥ दानवेन्द्र वज्रनाभने कन्याके मुखसे ज्यों ही हंसीकी यह विशेषता सुनी, त्यों ही वह अन्तःपुरमें शुचिमुखीके पास जा पहुँचा और कहने लगा—हे पक्षिणी! प्रभावतीके मुखसे तुम्हारे वचनकौशलकी बात सुनकर मैं तुम्हारे समीप आया हूँ ॥ ४३ ॥ इस समय मैं तुमसे यही जिज्ञासा करता हूँ कि तुमने संसारमें शुभाशुभ तथा अदृष्टपूर्व कोई आश्चर्यजनक घटना घटती देखी है? तुम यह बात भली भाँति मुझे बताओ ॥ ४४ ॥ हे महाराज! दानवेन्द्रके वचन सुनकर हंसीने दानवेन्द्रको अभिवादन करके कहा—राजन्! बताती हूँ। सुनिए—सुमेरु पर्वतके पास मैंने शाण्डिली नामकी मनस्विनी तथा सर्वभूतहितैषिणी एक साध्वी स्त्रीका अत्यन्त आश्चर्यजनक कार्य करते देखा है ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ कौशल्या नामकी एक मनस्विनी पर्वतकन्या उसकी प्रिय सखी है। मैंने एक नटको भी देखा है। एक मुनिके वरदानके प्रभावसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह स्वेच्छारूपधारी, सर्वप्रिय तथा नृत्याभिनयमें निपुण होकर कभी उत्तर कुरु, कभी कालाभ्रद्वीप, कभी भद्राश्व, तभी केतुमाल, कभी किसी अन्य स्थान, इस प्रकार वह समस्त विलोकीमें भ्रमण करता रहता है ॥ ४७–४९ ॥ उसका देवगन्धर्वोंचित नृत्य देख तथा गीत सुनकर देवता तक विस्मित हो जाते हैं ॥ ५० ॥ वज्रनाभने कहा—हे हंसी ! अभी कुछ दिन हुए, मैंने सिद्ध-चारण आदि महात्माओंके मुखसे उस नटके विषयमें बहुतेरी बातें सुनी हैं ॥ ५१ ॥ उसे देखनेके लिए मेरे मनमें बड़ी उत्सुकता है। किन्तु उसका मनुहार करके यहाँ लानेकी कोई आवश्यकता नहीं। तुम ऐसा कुछ करो कि जिससे मेरे गुणोंको सुनकर वह स्वयं चला आये ॥ ५२ ॥ हंसी बोली—हे दानवेन्द्र ! वह नट सातों द्वीपोंमें घूमता है। नट लोग स्वभावतः गुणग्राही होते हैं। वे जहाँ कोई गुण सुनते हैं, स्वयं जा पहुँचते हैं ॥५३॥ हे महासुर ! आपकी गुणावली सुनकर उसे अवश्य यहाँ आना होगा ॥ ५४ ॥ हंसीके ऐसा

संमतः ॥४८॥ कुरून् यात्युत्तरान्वीर कालाभ्रद्वीपमेव च ॥ भद्राश्वान्केतुमालांश्च द्वीपानन्यांस्तथानघ ॥४९॥ देवगन्धर्वगेयानि नृत्यानि विविधानि
च ॥ स वेत्ति देवान्नृत्येन विस्मापयति सर्वथा ॥ ५० ॥ वज्रनाभ उवाच ॥ श्रुतमेतन्मया हंसि न चिरादिव विस्तरम् ॥ चारणानां कथयतां
सिद्धानां च महात्मनाम् ॥ ५१ ॥ कुतूहलं ममाप्यस्ति सर्वथा पक्षिनन्दिनि ॥ नटे दत्तवरे तस्मिन्संस्तवस्तु न विद्यते ॥ ५२ ॥ हंस्युवाच ॥ सप्तद्वी-
पान्विचरति नटः स दितिजोत्तम ॥ गुणवन्तं जनं श्रुत्वा गुणकार्यः स सर्वथा ॥ ५३ ॥ तव चेच्छृणुयाद्वीर सद्भूतं गुणविस्तरम् ॥ नटं तदागतं
विद्धि पुरं तव महासुर ॥ ५४ ॥ वज्रनाभ उवाच ॥ उपायः सृजतां हंसि येनेह स नटः शुभे ॥ आगच्छेन्मम भद्रं ते विषयं पक्षिनन्दिनि ॥ ५५ ॥
ते हंसा वज्रनाभेन कार्यहेतोर्विसर्जिताः ॥ देवेन्द्रायाथ कृष्णाय शशंसुः सर्वमेव तत् ॥ ५६ ॥ अधोक्षजेन प्रद्युम्नो नियुक्तस्तत्र कर्मणि ॥ प्रभाव-
त्याश्च संसर्गे वज्रनाभवधे तथा ॥ ५७ ॥ दैवीं मायां समाश्रित्य संविधाय हरिर्नटम् ॥ नटवेषेण भैमानां प्रेषयामास भारत ॥ ५८ ॥ प्रद्युम्नं नायकं
कृत्वा साम्बं कृत्वा विदूषकम् ॥ पारिपार्श्वे गदं वीरमन्यान्भैमांस्तथैव च ॥ ५९ ॥ वारमुख्या नटीः कृत्वा तत्तूर्यसदृशास्तदा ॥ तथैव भद्रं भद्रस्य
सहायांश्च तथाविधान् ॥ ६० ॥ प्रद्युम्नविहितं रम्यं विमानं ते महारथाः ॥ जग्मुरारुह्य कार्यार्थं देवानाममितौजसाम् ॥ ६१ ॥ एकैकस्य समा रूपे

कहनेपर वज्रनाभने फिर उससे कहा—हे पक्षिनन्दिनि ! तो तुम ऐसा उपाय करो कि जिससे वह मेरे नगरमें आ जाय ॥ ५५ ॥ ऐसा कहकर उसने उन हंसोंको प्रस्थान करनेकी आज्ञा दे दी। हे महाराज ! वज्रनाभने उन्हें यद्यपि अपने कामसे भेजा था, किन्तु वहाँसे चलकर उन हंसोंने देवराज इन्द्र तथा भगवान कृष्णके पास जाकर उनको आद्योपान्त सब समाचार कह सुनाया ॥ ५६ ॥ यह वृत्तान्त सुनकर भगवानने प्रभावतीके साथ विवाह तथा वज्रनाभके वधका भार प्रद्युम्नको सौंप दिया ॥ ५७ ॥ तदनन्तर उन्होंने दैवी मायाके प्रभावसे यादवोंको नटवेशसे सुसज्जित करके वज्रनाभपुर भेजा ॥५८॥ उस नटमण्डलीके नायक प्रद्युम्न, साम्ब विदूषक, गद तथा अन्यान्य यादव पारिपार्श्वक एवं बहुतेरी वेश्याएँ नटीके वेशमें सुसज्ज करके भेजी गयीं। भगवान कृष्णके द्वारा इस प्रकार भद्र नट और उसके सहचरोंके सुसज्ज हो जानेपर वे प्रद्युम्नके द्वारा निश्चित रथपर सवार होकर देवताओंकी कार्यसिद्धिके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निमित्त चल पड़े ॥ ५९–६१ ॥ वे नटवेशधारी यादव सौन्दर्यमें अद्वितीय थे। उनका कण्ठस्वर और शारीरिक लावण्य सर्वथा स्त्रीजनोंके अनुरूप था ॥ ६२ ॥ वहाँसे चलकर वे दानवाकीर्ण वज्रनाभपुरके उपनगर सुपुरमें जा उपस्थित हुए ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्नवतितमोऽध्यायः ॥ ९४ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उन नटोंका आगमन सुनकर समस्त नगरनिवासियोंका मन उत्सुकतासे परिपूर्ण हो गया। वज्रनाभने तत्काल नागरिक दानवोंका आज्ञा दी कि नटोंको ठहरनेके लिए उत्तम भवन दिये जायँ ॥ १ ॥ उनका समुचित आतिथ्य सत्कार हो। उनको उपहारके रूपमें विविध रत्न और वस्त्र आदि दिये जायँ ॥ २ ॥ स्वामीकी आज्ञा पाकर दानवोंने सब प्रबन्ध कर दिया। क्योंकि उन नटोंके नृत्य-अभिनयकी ख्याति वहाँ पहलेसे ही हो चुकी थी ॥ ३ ॥ अतएव दानवोंने उनका भरपूर

पुरुषाः पुरुषस्य ते ॥ स्त्रीणां च सदृशाः सर्वे ते स्वरूपैर्नराधिपाः ॥६२॥ ते वज्रनगरस्याथ शाखानगरमुत्तमम् ॥ जग्मुदानवसंकीर्णं सुपुरं नाम नामतः ॥ ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वज्रनाभप्रद्युम्नोत्तरे प्रद्युम्नादिगमने चतुर्नवतितमोऽध्यायः ॥ ९४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः सुपुरवासीनामसुराणां नराधिप ॥ ददावाज्ञां वज्रनाभो दीयतां गृहमुत्तमम् ॥ १ ॥ आतिथ्यं क्रियतामेषां बहु-रत्नमुपायनम् ॥ वासांसि सुविचित्राणि सुखाय जनरञ्जनम् ॥ २ ॥ भर्तुराज्ञां समालभ्य तथा चक्रुश्च सर्वशः ॥ पूर्वं श्रुतो नटः प्राप्तः कौतूहलम-जीजनत् ॥ ३ ॥ नटस्याथ दुदुर्दैत्याः सत्कारं परया मुदा ॥ पर्यायार्थं ददुश्चापि रत्नानि सुबहून्यथ ॥ ४ ॥ ततः स ननृते तत्र वरदत्तो नट-स्तथा ॥ सुपुरे पुरवासीनां परं हर्षं समादधत् ॥ ५ ॥ रामायणं महाकाव्यमुद्देश्य नाटकीकृतम् ॥ जन्म विष्णोरमेयस्य राक्षसेन्द्रवधेप्सया ॥ ६ ॥ लोमपादो दशरथ ऋष्यशृङ्गं महामुनिम् ॥ शान्तामप्यानयामास गणिकाभिः सहानघ ॥ ७ ॥ रामलक्ष्मणशत्रुघ्ना भरतश्चैव भारत ॥ ऋष्यशृ-ङ्गश्च शान्ता च तथारूपैर्नटैः कृताः ॥ ८ ॥ तत्कालजीविनो वृद्धा दानवा विस्मयं गताः ॥ आचचक्षुश्च तेषां वै रूपतुल्यत्वमच्युत ॥ ९ ॥ संस्का-राभिनयौ तेषां प्रस्तावानां च धारणम् ॥ दृष्ट्वा सर्वे प्रवेशं च दानवा विस्मयं गताः ॥ १० ॥ ते रक्ता विस्मयं नेदुरसुराः परया मुदा ॥ उत्था-

आतिथ्य किया और वेशविन्यासके लिए बहुतेरे रत्न प्रदान किये ॥ ४ ॥ उसके बाद जब वह वरदानी नट रङ्गभूमिमें नाचने लगा तो नगरनिवासियोंके आनन्दकी सीमा नहीं रही ॥ ५ ॥ नृत्यके अनन्तर महाकाव्य रामायणके आधारपर तैयार किया हुआ नाटक होने लगा। उसमें राक्षसराज रावणके विनाशार्थ भगवान रामके जन्मका विवरण दिखाया जा रहा था ॥ ६ ॥ नाटककी भूमिकाके अनुसार लोमपाद, दशरथ, कन्या शान्ता, कतिपय वेश्याओं सहित ऋष्यशृङ्ग, राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्नका वेश धारण करके वे सभी नट रङ्गभूमिमें उपस्थित हुए ॥ ७ ॥ ८ ॥ रामावतारके समयवाले अत्यन्त वृद्ध दैत्य उन नटोंको देखकर बहुत विस्मित हुए। वे कहने लगे—लोमपाद आदि तत्कालीन सभी लोग स्वयं इस समय रङ्गभूमिमें उतरे हुए हैं ॥ ९ ॥ उनका नेपथ्यनैपुण्य, उनका सुन्दर अभिनय एवं उनकी प्रस्तावना आदि नाटकके आरम्भका कार्य देखकर वहाँके सभी दानव चकित हो गये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १० ॥ जब नाटकके एक-एक अंशका अभिनय होने लगा तो वे दैत्य उठ-उठकर आनन्दविभोर होते हुए चीत्कार करने लगे। साथ ही अभिनेताओंको उत्कृष्ट रत्न, कण्ठी, कंगन, वैदूर्य आदिसे विभूषित सुवर्णमय हार तथा बहुमूल्य वस्त्र आदिका उपहार देने लगे ॥ ११ ॥ १२ ॥ उपहार प्राप्त करनेके अनन्तर वे अभिनेता संगीतमय श्लोकोंमें मुनियों तथा असुरोंके नाम-गोत्रका उल्लेख करते हुए उन दर्शकोंका अभिनन्दन करने लगे ॥१३॥ तदनन्तर उपनगरके निवासी दैत्योंने उस सुनिपुण नटके आगमनका समाचार दानवेन्द्र वज्रनाभको सुनाया ॥ १४ ॥ उसने यह वृत्तान्त पहले ही सुन लिया था। इस समय उनके आगमनका हाल सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ और उसने कहा--उस नटको शीघ्र मेरी पुरीमें ले आओ ॥ १५ ॥ आज्ञा पाते ही उपनगरनिवासी दानवोंने नटवेशधारी यादवोंको वज्रपुरमें पहुँचा दिया ॥ १६ ॥ उनके पहुँचनेपर वज्रनाभने ठहरनेके लिए विश्वकर्मा द्वारा निर्मित भवन दे दिया। उसके अतिरिक्त उन यादवोंको जितनी सामग्रियोंकी आवश्यकता पड़ी, उनसे सौगुनी अधिक वस्तुयें उन्हें दी गयीं ॥ १७ ॥ इधर परम प्रसन्न दानवराजने रुद्रमहोत्सवके उपलक्ष्यमें अपने

योत्थाय नाट्यस्य विषयेषु पुनः पुनः ॥ ११ ॥ ददुर्वस्त्राणि तुष्टाश्च ग्रैवेयवलयानि च ॥ हारान्मनोहरांश्चैव हेमवैदूर्यभूषितान् ॥ १२ ॥ पृथगर्थेषु दत्तेषु श्लोकैस्ते तुष्टुवुर्नटाः ॥ असुरांश्च मुनींश्चैव गोत्रैरभिजनैरपि ॥ १३ ॥ प्रेषितं वज्रनाभस्य शाखानगरवासिभिः ॥ नटस्य दिव्यरूपस्य नरेन्द्रागमनं तदा ॥ १४ ॥ पुरा श्रुतार्थो दैत्येन्द्रः प्रेषयामास भारत ॥ आनीयतां वज्रपुरं नटोऽसाविति हर्षितः ॥ १५ ॥ दानवेन्द्रवचः श्रुत्वा शाखानगरवासिभिः ॥ नीता वज्रपुरं रम्यं नटवेषेण यादवाः ॥ १६ ॥ आवासश्च ततो दत्तः सुकृतो विश्वकर्मणा ॥ एष्टव्यं यच्च तत्सर्वं दत्तं शतगुणोत्तरम् ॥ १७ ॥ अथ कालोत्सवं चक्रे वज्रनाभो महाबलः ॥ कारयामास रम्यं च चमूवाटं प्रहृष्टवान् ॥ १८ ॥ ततस्तान्परिविश्रान्तान्प्रेक्षार्थाय प्रचोदयत् ॥ दत्त्वा रत्नानि भूरीणि वज्रनाभो महाबलः ॥ १९ ॥ उपविष्टश्च तान्द्रष्टुं सह ज्ञातिभिरात्मवान् ॥ छन्ने चान्तःपुरं स्थाप्य चक्षुर्दृश्ये नराधिपः ॥२०॥ भैमापि बद्धनेपथ्या नटवेषधरास्तथा ॥ कार्यार्थं भीमकर्माणो नृत्यार्थमुपचक्रमुः ॥२१॥ ततो घनं ससुषिरं मुरजानकभूषितम् ॥ तन्त्रीस्वरगणैर्विद्धानातोद्यानन्ववादयन् ॥ २२ ॥ ततस्तु देवगान्धारं छालिक्यं श्रवणामृतम् ॥ भैमस्त्रियः प्रजगिरे मनःश्रोत्रसुखावहम् ॥ २३ ॥ आगान्धारग्रामरागं गङ्गावतरणं तथा ॥ विद्धमासारितं रम्यं जगिरे स्वरसम्पदा ॥ २४ ॥ लयतालसमं श्रुत्वा गङ्गावतरणं शुभम् ॥ असुरांस्तो-

सैनिकोंको अभिनय देखनेके लिए आमन्त्रित किया ॥१८॥ तदनन्तर जब वहाँ आये हुए नट भली भाँति आराम कर चुके, तब उन्हें रत्न आदि उपहार देखकर वज्रनाभने नाटकका अभिनय आरम्भ करनेकी आज्ञा दी ॥ १९ ॥ रङ्गभूमिके पास ही पर्देके भीतर अन्तःपुरकी स्त्रियोंके बैठनेका प्रबन्ध करके वज्रनाभ अपने बन्धुओंसे घिरकर अभिनय देखनेके लिए सभाके मध्यमें बैठा ॥ २० ॥ उधर कठोरकर्मा यादवगण साज-श्रृङ्गार करके रङ्गभूमिमें आकर नृत्य करने लगे ॥ २१ ॥ उनके आनेके पहले ही वंशी, मुरज, नगाड़े, ताल-स्वरमें भली भाँति मिली हुई रुद्रवीणायें बजने लगीं ॥ २२ ॥ तदनन्तर यादवोंके साथ आयी हुई गणिकायें देवगन्धार-छालिक्य प्रभृति मन और कानोंको अमृतके समान मधुर लगनेवाले गायन गाने लगीं। निषाद, ऋषभ और गान्धार आदि सप्तस्वरों, वसन्तादि रागों एवं मूर्छनाके साथ गङ्गावतरण नामक सङ्गीत-अभिनय प्रदर्शित होने लगा ॥ २३ ॥ २४ ॥ ताल और लयसंयुक्त वह सुमधुर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सङ्गीत सुनकर दानवोंके हृदयमें आनन्दका समुद्र उमड़ पड़ा ॥२५॥ प्रद्युम्न, गद और पराक्रमी साम्ब ये तीनों कार्यसिद्धिके लिए नटवेषमें नान्दीवाद्य बजा रहे थे ॥ २६ ॥ नान्दीवाद्यका कार्य समाप्त हो जानेपर प्रद्युम्न अभिनयके साथ गङ्गावतरणकी कथासे सम्बद्ध श्लोकोंका गान करने लगे ॥ २७ ॥ तदनन्तर मनोवती नामकी गणिकाने रम्भाका वेष धारण किया। प्रद्युम्न, नलकूबर और साम्ब विदूषक बने। प्रद्युम्न आदि यादवोंने अपनी मायाका विस्तार करके कैलास पर्वत कल्पित किया ॥२८॥२९॥ तदनन्तर जिस प्रकार नलकूबरने क्रुद्ध हो और रावणको शाप देखकर रम्भाको सान्त्वना दी थी, उसीके आधारपर यादवगण अभिनय करने लगे। इसी प्रसङ्गमें मुनिवर नारदके कार्योंका भी अभिनय होने लगा ॥३०॥३१॥ पैर उठा-उठाकर किये गये नृत्य तथा उनके अनुपम अभिनयको देखकर वे दानवगण अतितेजस्वी यादवोंपर बहुत प्रसन्न हुए ॥३२॥ वे उन्हें दिव्य वस्त्र, रत्न, आभरण, गोल मोती, वैदूर्यमणि-

षयामास उत्थायोत्थाय भारत ॥ २५ ॥ नान्दिं च वादयामास प्रद्युम्नो गद एव च ॥ साम्बश्च वीर्यसम्पन्नः कार्यार्थं नटतां गतः ॥ २६ ॥ नान्द्य-न्ते च तदा श्लोकं गंगावतरणाश्रितम् ॥ रौक्मिणेयस्तदोवाच सम्यक्स्वविनयान्वितम् ॥ २७ ॥ रम्भाभिसारं कौबेरं नाटकं ननृतुस्ततः ॥ शूरो रावणरूपेण रम्भावेषं मनोवती ॥ २८ ॥ नलकूबरस्तु प्रद्युम्नः साम्बस्तस्य विदूषकः ॥ कैलासो रूपितश्चापि मायया यदुनन्दनैः ॥ २९ ॥ शापश्च दत्तः क्रुद्धेन रावणस्य दुरात्मनः ॥ नलकूबरेण च यथा रम्या चाप्यथ सान्त्विता ॥ ३० ॥ एतत्प्रकरणं वीरा ननृतुर्यदुनन्दनाः ॥ नारदस्य मुनेः कीर्तिं सर्वज्ञस्य महात्मनः ॥ ३१ ॥ पादोद्धारेण नृत्येन तथैवाभिनयेन च ॥ तुष्टुवुर्दानवा वीरा भैमानाममिततेजसाम् ॥ ३२ ॥ ते ददुर्वस्त्रमुख्यानि रत्नान्याभरणानि च ॥ हारांस्तरलविद्धांश्च वैदूर्यमणिभूषितान् ॥ ३३ ॥ विमानानि विचित्राणि रथांश्चाकाशगामिनः ॥ गजानाकाशगांश्चैव दिव्य-नागकुलोद्भवान् ॥ ३४ ॥ चन्दनानि च दिव्यानि शीतानि रसवन्ति च ॥ गुरूण्यगुरुमुख्यानि गन्धाढ्यानि च भारत ॥ ३५ ॥ चिन्तामणीनु-दारांश्च चिन्तिते सर्वकामदान् ॥ प्रेक्षासु तासु बह्वीषु ददन्तो दानवास्तथा ॥ ३६ ॥ धनरत्नैर्विरहिताः कृताः पुरुषसत्तम ॥ स्त्रियो दानव-मुख्यानां तथैव च जनेश्वर ॥ ३७ ॥ ततो हंसी प्रभावत्याः सखी प्राह प्रभावतीम् ॥ गताऽस्मि द्वारकां रम्यां भैमगुप्तामनिन्दिते ॥ ३८ ॥ प्रद्यु-म्नश्च मया दृष्टो विविक्ते चारुलोचने ॥ भक्तिश्च कथिता तस्य मया तव शुचिस्मिते ॥ ३९ ॥ तेन हृष्टेन कालश्च कृतः कमललोचने ॥ अद्य प्रदोषसमये त्वया सह समागमे ॥ ४० ॥ तदद्य रुचिरश्रोणि तव प्रियसमागमः ॥ न ह्यात्मवति भाषन्ति मिथ्या भैमकुलोद्भवाः ॥ ४१ ॥ ततः

विभूषित हार, विचित्र विमान, आकाशगामी रथ, अच्छे वंशमें उत्पन्न आकाशगामी हाथी, सरस तथा सुशीतल चन्दन, अत्यधिक सुगन्धित अगुरु और सब कामनायें पूर्ण करनेमें समर्थ चिन्तामणि आदि उपादेय वस्तुओंका उपहार प्रदान करने लगे। उधर दानवपत्नियोंमें जिसके पास जो वस्तु थी, वह सब उन्होंने यादवोंको दे दिया ॥ ३३—३७ ॥ इधर उसी समय शुचिमुखी हंसीने प्रभावतीके पास जाकर कहा—राजपुत्री! मैं यादवोंसे सुरक्षित द्वारकापुरीको गयी थी ॥ ३८ ॥ हे चारुलोचने! वहाँ एकान्तमें कमलनयन प्रद्युम्नसे मिली। उन्हें तुम्हारे अनुरागका वृत्तान्त बता दिया। यह सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुए और आज सायंकाल तुमसे मिलनेका उन्होंने समय निर्धारित किया है ॥३९॥४०॥ अतएव आज तुम्हारा प्रियमिलन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निश्चित है। क्योंकि यदुकुलमें उत्पन्न वीर अपने भक्तोंसे झूठ नहीं बोलते ॥ ४१ ॥ तब प्रभावतीने अत्यधिक प्रसन्न होकर हंसीसे कहा—सखी! तुम बहुत समयसे मेरे घरमें रह रही हो। सो आज रातभर तुम्हें यहीं सोना होगा ॥ ४२ ॥ मैं चाहती हूँ कि तुम्हारे साथ कृष्णतनय प्रद्युम्नका दर्शन करूँ। क्योंकि तुम्हारे यहाँ रहनेसे मुझे किसी प्रकारकी शंका नहीं रहेगी ॥ ४३ ॥ शुचिमुखी हंसी राजकुमारी प्रभावतीकी बातसे सहमत हो गयी। तब दोनों एक साथ एक प्रासादपर चढ़कर विश्वकर्माके द्वारा निर्मित अट्टालिकापर प्रद्युम्नके आगमनोपयोगी वस्तुओंका संग्रह करने लगीं ॥४४॥४५॥ तदनन्तर शुचिमुखी प्रभावतीसे आज्ञा लेकर प्रद्युम्नको लाने गयी। उस समय हंसीकी गति वायुके समान वेगवती थी ॥ ४६ ॥ रङ्गशालामें जाकर उसने नटवेशधारी प्रद्युम्नसे कहा—भगवन्! आज सायंकालके समय प्रभावती आपसे मिलनेकी प्रतीक्षामें रहेगी ॥ ४७ ॥ प्रद्युम्नने 'तथास्तु' कहकर उसकी योजना

प्रभावती हृष्टां हंसीं तामिदमब्रवीत् ॥ उषिताऽसि मयाऽऽवासे स्वप्तुमर्हसि सुन्दरि ॥ ४२ ॥ त्वयाऽहं सहिताऽऽवासे द्रष्टुमिच्छामि केशविम् ॥
निःसाध्वसा भविष्यामि त्वया सह विहङ्गमे ॥ ४३ ॥ हंसी तथेति चोवाच सखीं कमललोचनाम् ॥ आरुरोह च तद्धर्म्यं प्रभावत्या विहङ्गमा ॥ ४४ ॥
विश्वकर्मकृते तत्र हर्म्यपृष्ठे प्रभावती ॥ संविधानं चकाराशु प्रद्युम्नागमनक्षमम् ॥ ४५ ॥ तस्मिन्कृते संविधाने काममानयितुं ययौ ॥ प्रभावतीम-
नुज्ञाप्य हंसी वायुसमा गतौ ॥ ४६ ॥ नटवेषधरं कामं गत्वोवाच शुचिस्मिता ॥ अद्य भूतः स भगवन्समयो वर्तते निशि ॥ ४७ ॥ तथेति प्राह
तां कामः सा निवृत्ताऽथ पक्षिणी ॥ अभ्यागता च सा हंसी प्रभावतिमथाब्रवीत् ॥ अभ्येति रौक्मिणेयोऽसावाश्वसायतलोचने ॥ ४८ ॥ प्रद्युम्नो
नीयमानं तु ददृशे माल्यमात्मवान् ॥ भ्रमरैरावृतं वीरः सुगन्धमरिमर्दनः ॥ ४९ ॥ निलिल्ये तत्र माल्ये तु भूत्वा मधुकरस्तदा ॥ प्रभावत्या
नीयमाने विदितार्थः प्रतापवान् ॥ ५० ॥ प्रवेशितं च तन्माल्यं स्त्रीभिर्मधुकरायुतम् ॥ उपनीतं प्रभावत्यै स्त्रीभिस्तद्भ्रमरावृतम् ॥ ५१ ॥
अविदूरे च विन्यस्तं प्रभावत्या जनाधिप ॥ भ्रमरास्ते ययुः सौम्य सन्ध्याकाले ह्युपस्थिते ॥ ५२ ॥ स भैमप्रवरो वीरस्तैः सहायैर्विहीनतः ॥
कर्णोत्पले प्रभावत्या निलिल्ये शनकैरिव ॥ ५३ ॥ ततः प्रभावती हंसीमुवाच वदतां वरा ॥ उद्यतं पूर्णचन्द्रं सा समीक्ष्यातिमनोहरम् ॥ ५४ ॥

स्वीकार कर ली और हंसीने वहाँसे लौटकर प्रभावतीसे कहा—हे राजकन्याके! साक्षात् कामदेवके अवतार प्रद्युम्न आ रहे हैं। अब चिन्ताकी कोई आवश्यकता नहीं है—धैर्य धारण करो ॥४८॥ उधर जितेन्द्रिय और परम वीर प्रद्युम्न जब प्रभावतीके द्वारपर पहुँचे तो उन्होंने देखा कि एक मालिन प्रभावतीके लिए सुगन्धित माला अन्दर ले जा रही है। उसपर भौंरोंका झुण्ड मँडरा रहा है। बस, तत्काल भ्रमरका रूप धारण करके वे उसी मालामें छिप गये ॥४९॥५०॥ तदनन्तर अन्तःपुरकी परिचारिकाओंने वह भ्रमरसंकुल माला प्रभावतीके पास पहुँचा दी ॥ ५१ ॥ हे महाराज! दासियोंने अन्तःपुरमें जाकर वह माला राजकुमारीके पास रख दी। सायंकाल होनेपर उस मालापर मँडरानेवाले भौंरे अपने-अपने स्थानको चले गये ॥५२॥ अपने साथी भौंरोंके उड़ जानेपर यदुपुङ्गव प्रद्युम्न चुपकेसे प्रभावतीके कर्णोत्पलमें जा छिपे ॥ ५३ ॥ उसी समय प्रभावतीने हंसीसे कहा—सखी! पूर्ण चन्द्रको उदित देखकर मेरा सारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अंग जला जा रहा है और मुख सूख रहा है। आखिर मेरा हृदय इतना उत्कण्ठित क्यों हो रहा है? यह कौन-सी व्याधि आ उपस्थित हुई है कि जिसका कोई इलाज नहीं है॥५४॥५५॥ मैंने सुना है कि पूर्णिमाकी रात्रिमें विहार बहुत आनन्ददायक होता है। यहाँ तक कि इस समय पूर्ण चन्द्रका दर्शन करनेसे अनुराग द्विगुणित हो जाता है॥ ५६॥ किन्तु आज मेरे अङ्ग-प्रत्यङ्ग जले जा रहे हैं। हाय! स्त्रीजातिके स्वभावको धिक्कार है। जिसे मैंने अबतक कभी भी नहीं देखा, उसकी चर्चा ही सुनकर मुग्ध हो गयी॥५७॥ मैंने जिसे अपने मनमन्दिरमें आसन दे दिया है, यदि अभाग्यवश वह न मिला तो मुझे कुमुद्वतीके समान दुर्गति भोगनी पड़ेगी। हाय! इस समय मुझे कन्दर्परूपी सर्पने डस लिया है॥५८॥ चन्द्रमाकी किरणें स्वभावतः शीतल और संसारके लिए आनन्ददायिनी होती हैं, किन्तु वे ही मेरा सारा अङ्ग जलाये दे रही हैं॥ ५९॥ पुष्पपरागवाही पवन सबके लिए आनन्ददायी होता है, किन्तु मुझे ता

सखि दह्यति मेऽङ्गानि मुखं च परिशुष्यति॥ औत्सुक्यं हृदि चातीव कोऽयं व्याधिरनौषधः॥ ५५॥ दधद्द्विगुणमौत्सुक्यमसौ पूर्णनिशाकरः॥ नवोदितः शीतरश्मिः सख्यं हरति च प्रियः॥ ५६॥ न दृष्टपूर्वो हि मया श्रुतमात्रेण काङ्क्षितः॥ अहो धूमयतेऽङ्गानि स्त्रीस्वभावस्य धिक्खलु॥ ५७॥ कल्पयामि यथा बुद्ध्या यदि नाभ्येति मे प्रियः॥ कुमुद्वतीगतं मार्गं हा गमिष्याम्यकिंचना॥ मदनाशीविषेणास्मि हा हा दष्टा मनस्विनी॥५८॥ शीतवीर्याः प्रकृत्यैव जगतो ह्लादनाः सुखाः॥ दहन्ति मम गात्राणि किं नु चन्द्रगभस्तयः॥ ५९॥ प्रकृत्या शीतलो वायुर्नानापुष्परजोवहः॥ दावाग्निसदृशो मेऽद्य दन्दहीति शुभां तनुम्॥ ६०॥ ततः संकल्पये एव स्थैर्यं कार्यमिवात्मनः॥ नावतिष्ठति निर्वीर्यं मनः संकल्पधर्षितम्॥ ६१॥ विमनस्काऽस्मि मुह्यामि वेपथुर्मे महान्हृदि॥ बभ्रमीति च मे दृष्टिर्हा हा यामि ध्रुवं क्षयम्॥ ६२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वज्रनाभपुरं प्रद्युम्नगमने पञ्चनवतितमोऽध्यायः॥ ९५॥

वैशम्पायन उवाच॥ आविष्टेयं मया बाला सर्वथेत्यवगम्य तु॥ कार्ष्णिर्हृष्टेन मनसा हंसीमिदमुवाच ह॥ १॥ दैत्येन्द्रतनयां प्राप्तमवगच्छस्व मामिह॥ षट्पदैः सह षट्पादो भूत्वा माल्ये निलीय हि॥ २॥ विधेयोऽस्मि प्रभावत्या यथेष्टं मयि वर्तताम्॥ इत्युक्त्वा दर्शयामास

वह दावाग्नि सदृश जला रहा है॥ ६०॥ मनमें तो आता है कि धैर्य धारण करूँ, किन्तु मेरा निस्तेज मन किसी तरह धैर्य धारण नहीं कर पाता॥ ६१॥ मैं कभी अन्यमनस्क और कभी मूर्छित हो जाती हूँ। मेरा हृदय काँप रहा है। दृष्टि घूम रही है। हाय! मुझे यह निश्चितरूपसे ज्ञात हो रहा है कि अब इस शरीरका नाश हो जायगा॥ ६२॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चनवतितमोऽध्यायः॥ ९५॥

(प्रद्युम्न-प्रभावती-परिणय) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! श्रीकृष्णतनय प्रद्युम्नने जब देख लिया कि यह बाला सर्वथा मुझपर आसक्त है, तब प्रसन्नतापूर्वक उन्होंने शुचिमुखी हंसीसे कहा—॥ १॥ तुम दैत्यराजकी कन्या प्रभावतीसे कह दो कि मैं भ्रमरोंके साथ भ्रमर बनकर मालामें छिपा हुआ यहाँ उनके पास आ गया हूँ॥ २॥ इस समय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रभावतीका दास हूँ। उनकी जैसी इच्छा हो, वैसा व्यवहार करें। यह कहकर रूपवान् प्रद्युम्न अपने वास्तविक रूपमें प्रकट हो गये ॥ ३ ॥ उनके लावण्यकी प्रभासे समस्त प्रासाद जगमगा उठा और चन्द्रमाका प्रकाश फीका पड़ गया ॥ ४ ॥ पूर्ण चन्द्रको देखकर जैसे समुद्र उमड़ पड़ता है, उसी प्रकार प्रद्युम्नको देखते ही प्रभावतीका प्रेमरूपी सागर उच्छ्वसित हो उठा ॥ ५ ॥ किन्तु वह कमलनयनी लज्जाके कारण मस्तक नीचे करके कटाक्षपात करती हुई चुपचाप बैठी रह गयी ॥ ६ ॥ तत्काल कृष्णतनय प्रद्युम्नने उसका चिबुक थाम्हकर कहा—बहुत परिश्रम करनेके बाद आज मैंने तुम्हारा चन्द्रवदन देखा है। ऐसी स्थितिमें तुम नीचे मुख करके चुप क्यों बैठी हो ? ॥ ७ ॥ ८ ॥ हे वरानने ! भयके कारण तुम अपनी मुखकान्ति म्लान मत करो। और फिर तुम्हें भय ही किस बातका है ? मैं तो तुम्हारा दास हूँ। अब तुम अपने दासपर कृपा करो ॥९॥ मैं तुम्हें क्षण भर भी शंकित नहीं देख सकता।

सुरूपो रूपमात्मनः ॥ ३ ॥ तद्धर्म्यपृष्ठं प्रभया द्योतितं तस्य धीमतः ॥ अभिभूता प्रभा चैव शशांकश्चन्द्रोद्भवा शुभा ॥ ४ ॥ प्रभावत्यास्तु तं दृष्ट्वा ववृधे कामसागरः ॥ चन्द्रस्येवोदये प्राप्ते पर्वण्यां सरितां पतिः ॥ ५ ॥ सलज्जाधोमुखी किञ्चित्किञ्चित्तिर्यगवेक्षिणी ॥ प्रभावती तदा तस्थौ निश्चलं कमलेक्षणा ॥ ६ ॥ करेणाधःप्रदेशे तां चारुभूषणभूषिताम् ॥ स्पृष्ट्वोवाच वरारोहां रोमाञ्चिततनुस्ततः ॥ ७ ॥ मनोरथशतैर्लब्धं किं पूर्णेन्दुसमप्रभम् ॥ अधोमुखं मुखं कृत्वा न मां किञ्चित्प्रभाषसे ॥ ८ ॥ प्रभोपमर्दं मा कार्षीर्वदनस्य वरानने ॥ साध्वसं त्यज्यतां भीरु दासः साध्वनुगृह्यताम् ॥ ९ ॥ न कालमिव पश्यामि भीरु भीरुत्वमुत्सृज ॥ याचाम्येषोऽञ्जलिं कृत्वा प्राप्तकालं निबोध मे ॥ १० ॥ गान्धर्वेण विवाहेन कुरुष्वानुग्रहं मम ॥ देशकालानुरूपेण रूपेणाप्रतिमा सती ॥ ११ ॥ उपस्पृश्य ततो भैमो मणिस्थं जातवेदसम् ॥ जुहाव समये वीरः पुष्पैर्मन्त्रानुदीरयन् ॥ १२ ॥ जग्राहाथ करे तस्या वराभरणभूषितम् ॥ चक्रे प्रदक्षिणं चैव तं मणिस्थं हुताशनम् ॥ १३ ॥ प्रजज्वाल स तेजस्वी मानयन्नच्युतात्मजम् ॥ भगवाञ्जगतः साक्षी शुभस्याथाशुभस्य च ॥ १४ ॥ उद्दिश्य दक्षिणां वीरो विप्राणां यदुनन्दनः ॥ उवाच हंसीं द्वारस्थां तिष्ठावां रक्ष पक्षिणि ॥ १५ ॥ तस्यां प्रणम्य यातायां कामस्तां चारुलोचनाम् ॥ प्रगृह्य दक्षिणे हस्ते निनाय शयनोत्तमम् ॥ १६ ॥ ऊरावेवोपवेश्यैनां सान्त्वयित्वा पुनः पुनः ॥ चुचुम्ब शनकैर्गण्डं वासयन्मुखमारुतैः ॥ १७ ॥ ततोऽस्याश्च पपौ वक्त्रपद्मं मधुकरो यथा ॥ आलिलिङ्गे च सुश्रोणीं क्रमेण रतिकोविदः ॥ १८ ॥

अतएव मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूँ कि तुम भयको सर्वथा त्याग दो। इस समय समयोचित गान्धर्व विवाह करके मुझे कृतार्थ करो ॥ १० ॥ ११ ॥ यह कहकर प्रद्युम्नने मन्त्रोच्चारणपूर्वक मणिस्थित अग्निका स्पर्श करके आहुति दी ॥ १२ ॥ तदनन्तर प्रभावतीका हाथ पकड़कर उसी अग्निकी प्रदक्षिणा करने लगे ॥ १३ ॥ उसी समय समस्त जगत्के शुभाशुभ कर्मोंके साक्षी अग्निदेव कृष्णतनयकी सम्मानरक्षा करते हुए धधक उठे ॥ १४ ॥ विवाहके उपलक्ष्यमें उन्होंने ब्राह्मणोंको देनेके लिए दक्षिणाका संकल्प किया और शुचिमुखी हंसीसे कहा—पक्षिणी ! तुम द्वारपालिका बनकर हम दोनोंकी रक्षा करो ॥१५॥ उनके ऐसा कहते ही हंसी प्रणाम करके अपना कर्तव्य पालन करनेके लिए चली गयी। तदनन्तर प्रद्युम्न प्रभावतीका दाहिना हाथ पकड़कर शय्यापर ले गये और उसे अपनी जाँघपर बैठाकर विविध प्रकारसे सान्त्वना देते हुए उसका मुख चूम लिया ॥ १६ ॥ १७ ॥ तत्पश्चात् भौंरा जैसे कमलके रसको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पीता है, उसी प्रकार उन्होंने प्रभावतीका अधरसुधाका पान किया। फिर उस सुन्दरीका आलिङ्गन करके रतिनिपुण प्रद्युम्न उसके साथ आनन्द करने लगे ॥ १८ ॥ १९ ॥ कृष्णकुमार प्रद्युम्न इस प्रकार प्रभावतीके साथ रात बिताकर जब पूर्वदिशा अरुणिमासे रंजित हो गयी, तब प्रभावतीकी इच्छा न रहते हुए भी अगत्या नटशालाको चले गये ॥ २० ॥ किन्तु वह दानवकुमारी उनके हृदयमें ही बैठी रह गयी। इधर वे छद्मवेशी यादव इन्द्र और उपेन्द्रके आदेश तथा दानवेन्द्र वज्रनाभकी त्रिलोकविजयकी चेष्टाओंको देखते हुए नटके वेशमें वहाँ ही रहने लगे ॥ २१ ॥ २२ ॥ इधर जबतक मुनिवर कश्यपका यज्ञ समाप्त नहीं हुआ, तबतक देवताओं और दानवोंका कोई उपद्रव नहीं हुआ। उधर धर्मात्मा देवता वज्रनाभके त्रिलोक-विजयोद्योगकी प्रतीक्षा कर रहे थे। उसी समय रमणीय वर्षाऋतु आ गयी ॥२३–२५॥ मनोवेगगामी हंसगण अहोरात्र इन्द्र और उपेन्द्र (कृष्ण) को महात्मा यादवकुमारोंका समाचार देते

अरामयद्रहस्येनां न चोद्वेजितवाँस्तदा ॥ अपकृष्टं च रत्यर्थं रतिकार्यविशारदः ॥ उवास स तया सार्द्धं रमन्कृष्णसुतः प्रभुः ॥१९॥ अरुणोदयकाले च ययौ यत्र नटालयः ॥ अकामया प्रभावत्या कथञ्चित्स विसर्जितः ॥ २० ॥ तामेव मनसा कान्तां कान्तरूपां समुद्वहन् ॥ त ऊषुर्नटवेषेण कार्यार्थं भैमवंशजाः ॥ २१ ॥ प्रतीक्षन्तस्तदा वाक्यमिन्द्रकेशवयोस्तदा ॥ उद्योगं वज्रनाभस्य त्रैलोक्यविजयं प्रति ॥ २२ ॥ प्रतीक्षन्तो महात्मानो गुह्य-संरक्षणे रताः ॥ कश्यपस्य मुनेः सत्रं यावत्तावन्नराधिप ॥ २३ ॥ देवासुराणां सर्वेषामविरोधो महात्मनाम् ॥ त्रैलोक्यविजयार्थाय यततां धर्म-चारिणाम् ॥ २४ ॥ एवं कालं प्रतीक्षाणां वसतां तत्र धीमताम् ॥ संप्राप्तः प्रावृषो रम्यः सर्वभूतमनोहरः ॥ २५ ॥ अहर्निशं च वृत्तान्तं प्रय-च्छन्ति मनोजवाः ॥ शक्रकेशवयोर्हंसाः कुमाराणां महात्मनाम् ॥ २६ ॥ रेमे सह प्रभावत्या प्रद्युम्नश्चानुरूपया ॥ रात्रौ रात्रौ महातेजा धार्तरा-ष्ट्राभिरक्षितः ॥ २७ ॥ तैर्हि वज्रपुरं हंसैर्वसद्भिर्वासवाज्ञया ॥ व्याप्तं नृप नटांस्तांस्तु न विदुः काममोहिताः ॥२८॥ दिवाऽपि रौक्मिणेयस्तु प्रभा-वत्या नृपालये ॥ तिष्ठत्यन्तर्हितो वीरो हंससङ्घाभिरक्षितः ॥ २९ ॥ मायथाऽस्य प्रतिच्छाया दृश्यते हि नटालये ॥ देहार्धेन तु कौरव्य सिषेवेऽसौ प्रभावतीम् ॥ ३० ॥ सन्नतिं विनयं शीलं लीलां दाक्ष्यमथार्जवम् ॥ स्पृहयन्त्यसुरा दृष्ट्वा विद्वतां च महात्मनाम् ॥ ३१ ॥ रूपं विलासं गन्धं च मञ्जुभाषामथार्यताम् ॥ तासां यादवनारीणां स्पृहयन्त्यसुरस्त्रियः ॥ ३२ ॥ वज्रनाभस्य तु भ्राता सुनाभो नाम विश्रुतः ॥ दुहितृद्वयं च नृपते-

रहे ॥२६॥ इधर प्रद्युम्न उन हंसोंसे सुरक्षित होकर प्रतिदिन रात्रिके समय प्रभावतीके साथ सम्भोगसुख लेते हुए जीवनयापन करते रहे ॥२७॥ इन्द्रकी आज्ञासे हंसोंके वज्रपुरमें रहनेके कारण उन नटवेशधारी यादवोंको कोई पहचान नहीं सका ॥ २८ ॥ इसके बाद प्रद्युम्न नटशालामें अपनी प्रतिमा रखकर धीरे-धीरे दिनके समय भी प्रभावतीके महलमें आने-जाने लगे, किन्तु कालमोहित दानवोंको इसका भेद नहीं ज्ञात हो सका ॥ २९ ॥ बल्कि वे दानव तो यादवोंके विनय, नम्रता, सुशीलता, विलासिता एवं कार्यपटुता आदि गुणोंसे परम प्रसन्न हो उठे। वहाँ उपस्थित यादवनारियोंका रूप-लावण्य, कथा-वार्ता, भावभंगी तथा सरलता आदि गुणोंको देखकर असुरपत्नियोंके आनंदका कोई ठिकाना नहीं रहा ॥३०-३२॥ वज्रनाभ-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

का एक भाई था—सुनाभ। उसकी दो कन्यायें थीं। जिनका नाम था—चन्द्रवती और गुणवती। वे दोनों रूपवती थीं और नित्य प्रभावतीके महलमें जाया करती थीं ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ प्रभावतीको भोगासक्त देखकर उन्होंने हँसी-हँसीमें इसका कारण पूछा ॥ ३५ ॥ तब प्रभावतीने कहा—मैंने एक विद्या सीखी है। उस विद्याके बलसे देवता तथा दानव, जिस किसीको पति मानकर उसकी आकांक्षा की जाय, वह तत्काल आ उपस्थित होता है। उधर देखो, उसी विद्याके बलसे मैं देवकुमार प्रद्युम्नको बुला तथा उन्हें अपना पति बनाकर सम्भोगका आनन्द ले रही हूँ। रूप-यौवनसम्पन्न प्रद्युम्नको देखकर वे दोनों चकपका गयीं ॥ ३६–३८ ॥ चारुहासिनी प्रभावतीने फिर कहा—देखो, देवता सर्वदा धर्म-कर्ममें मग्न रहते हैं और दानव निरे दाम्भिक होते हैं। देवता सत्यप्रिय होते हैं और दानव मिथ्या विषयोंमें अनुराग रखते हैं। जहाँ धर्म और तप रहता है, वहाँ ही सत्य और विजय रहती है ॥ ३९–४१ ॥ अतएव मैं तुम्हें

स्तस्य रूपगुणान्वितम् ॥ ३३ ॥ एका चन्द्रवती नाम्ना गुणवत्यथ चापरा ॥ प्रभावत्यालयं ते तु व्रजतः खलु नित्यदा ॥ ३४ ॥ ददृशाते तु ते तत्र रतिसक्तां प्रभावतीम् ॥ परिपप्रच्छतुश्चैव विस्रम्भोपगतां सतीम् ॥ ३५ ॥ सोवाच मम विद्याऽस्ति याऽधीता कांक्षितं पतिम् ॥ रत्यर्थं साऽऽनयत्याशु सौभाग्यं च प्रयच्छति ॥ ३६ ॥ देवं वा दानवं वापि विवशं सद्य एव हि ॥ साऽहं रमामि कान्तेन देवपुत्रेण धीमता ॥ ३७ ॥ दृश्यतां मत्प्रभावेण प्रद्युम्नः सुप्रियो मम ॥ ते दृष्ट्वा विस्मयं याते रूपयौवनसम्पदम् ॥ ३८ ॥ पुनरेवाब्रवीत्ते तु भगिन्यौ चारुहासिनी ॥ प्रभावती वरारोहा कालप्राप्तमिदं वचः ॥ ३९ ॥ देवा धर्मरता नित्यं दम्भशीला महासुराः देवास्तपसि रक्ता हि सुखे रक्ता महासुराः ॥ ४० ॥ देवाः सत्ये रता नित्यमनृते तु महासुराः ॥ धर्मस्तपश्च सत्यं च यत्र तत्र जयो ध्रुवम् ॥ ४१ ॥ देवपुत्रौ वरयतां पती विद्यां ददाम्यहम् ॥ उचितौ मत्प्रभावेण सद्य एवोपलप्स्यथः ॥ ४२ ॥ तां तथेत्यूचतुर्हृष्टे भगिन्यौ चारुलोचनाम् ॥ परिपप्रच्छ भैमं च कार्यं तत्पतिमानिनी ॥ ४३ ॥ स पितृव्यं गदं वीरं साम्बं चाथाब्रवीत्तदा ॥ रूपान्वितौ सुशीलौ च शूरौ च रणकर्मणि ॥ ४४ ॥ प्रभावत्युवाच ॥ परितुष्टेन दत्ता मे विद्या दुर्वाससा पुरा ॥ परितुष्टेन सौभाग्यं सदा कन्यात्वमेव च ॥ ४५ ॥ देवदानवयक्षाणां यं ध्यास्यसि स ते पतिः ॥ भवितेति मया चैव वीरोऽयमभिकांक्षितः ॥ ४६ ॥ गृहीतं तदिमां विद्यां सद्यो वां प्रियसङ्गमः ॥ ततो जगृहतुर्हृष्टे तां विद्यां भगिनीमुखात् ॥ ४७ ॥ दध्यतुर्गदसाम्बौ च विद्यामभ्यस्य ते शुभे ॥

भी वह विद्या प्रदान कर रही हूँ। तुम दोनों भी देवताओंकी कामना करो। कामना करते ही तुम्हारे समीप वे आ उपस्थित होंगे ॥ ४२ ॥ उसके ऐसा कहते ही चन्द्रवती और गुणवती दोनों बहिनें सहमत हो गयीं। तदनन्तर प्रभावतीने अपने पति प्रद्युम्नसे सब हाल कहा और आगेका कर्तव्य पूछा ॥४३॥ तब उन्होंने अपने पितृव्य गद तथा भ्राता साम्बकी चर्चा करते हुए कहा—वे दोनों रूपवान्, गुणवान्, सुशील और रणनिपुण हैं ॥ ४४ ॥ यह सुनकर प्रभावती जाकर दोनों बहनोंसे कहने लगी—देखो, पूर्वकालमें महर्षि दुर्वासाने प्रसन्न होकर मुझे यह विद्या प्रदान करके कहा था कि देवता, दानव, यक्ष, इनमेंसे जिसको तुम अपना पति बनाना चाहोगी, वही तुम्हारा पति होगा। तदनुसार मैंने इन वीरवर प्रद्युम्नको अपना पति बनाना चाहा है ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ अतएव तुम भी यह विद्या प्राप्त कर लो तो तुम्हें भी शीघ्र प्रियसमागमका सुख सुलभ हो जायगा। तदनन्तर चन्द्रवती और गुणवती दोनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बहिनोंने प्रभावतीसे वह विद्या सीख ली और गद तथा साम्बका ध्यान करने लगीं। कुछ ही क्षणोंमें वे दोनों यादव वीर प्रद्युम्नके साथ वहाँ आ उपस्थित हुए ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ प्रद्युम्नके मायाबलसे कोई भी यह बात नहीं जान सका। तदनन्तर मंत्रोच्चारणपूर्वक दोनोंका गान्धर्वविवाह हुआ और दोनोंने पाणिग्रहण किया। उनमें गद चन्द्रवतीके एवं साम्ब गुणवतीके पति बने ॥ ४९ ॥ ५० ॥ अब वे देवराज इन्द्र तथा कृष्णभगवानके आदेशकी प्रतीक्षा करते हुए उन दानवकन्याओंके साथ आनन्दपूर्वक समय व्यतीत करने लगे ॥ ५१ ॥
इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षण्णवतितमोऽध्यायः ॥ ९६ ॥

(प्रद्युम्नका वार्तालाप) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! क्रमशः धीरे-धीरे भाद्रपद मास आ गया। गगनमण्डल घनघटाओंसे घिर गया। तब पूर्णचन्द्रानन प्रद्युम्नने सुनयनी प्रभावतीको सम्बोधित करके कहा—॥ १ ॥ हे सुन्दरी! तुम्हारी मुखकान्तिके समक्ष मुझे चारुबिम्ब चन्द्रमाका मुख सुन्दर नहीं लगता। तुम्हारे केशपाश सदृश घनघटाओंने

तौ प्रद्युम्नेन सहितौ प्रविष्टौ भैमनन्दनौ ॥ ४८ ॥ प्रच्छन्नौ मायया वीरौ कार्ष्णिना मायिना नृप ॥ गान्धर्वेण विवाहेन तावप्यरिबलार्दनौ ॥ ४९ ॥ पाणिं जगृहतुर्वीरौ मन्त्रपूर्वं सतां प्रियौ ॥ चन्द्रवत्या गदः साम्बो गुणवत्या च कैशविः ॥ ५० ॥ रेमिरेऽसुरकन्याभिर्वीरास्ते यदुपुङ्गवाः ॥ मार्गमाणास्त्वनुज्ञां ते शक्रकेशवयोस्तदा ॥ ५१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि प्रभावतीपाणिग्रहणे षण्णवतितमोऽध्यायः ॥ ९८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ नभो नभस्येऽथ निरीक्ष्य मासि कामस्तदा तोयदवृन्दकीर्णम् ॥ प्रभावतीं चारुविशालनेत्रामुवाच पूर्णेन्दुनिकाशवक्त्रः ॥ १ ॥ तवाननाभो वरगात्रिचन्द्रो न दृश्यते सुन्दरि चारुबिम्बः ॥ त्वत्केशपाशप्रतिमैर्निरुद्धो बलाहकैश्चारुनिरन्तरोरु ॥ २ ॥ संदृश्यते सुभ्रु तडिद्धनस्था त्वं हेमचार्वाभरणान्वितेव ॥ मुञ्चन्ति धाराश्च घना नदन्तस्त्वद्धारयष्टेः सदृशा वराङ्गि ॥ ३ ॥ घनप्रदेशेषु बलाकपंक्तयस्त्वद्दन्तपङ्क्तिप्रतिमा विभान्ति ॥ निमग्नपद्मानि सरित्सु सुभ्रु न भान्ति तोयानि रयाकुलानि ॥ ४ ॥ अमी घना वायुवशोपयाता बलाकमालामलचारुदन्ताः ॥ अन्योन्यमभ्याहनितुं प्रवृत्ता वनेषु नागा इव शुक्लदन्ताः ॥ ५ ॥ धनुस्त्रिवर्णं वरगात्रि पश्य कृतं तवापाङ्गमिवाननस्थम् ॥ विभूषयन्तं गगनं घनाश्च प्रहर्षणं कामिजनस्य कान्ते ॥ ६ ॥ घनान्नदन्तः प्रतिनर्दमानान्निरीक्ष्य सुश्रोणि शिखीन्प्रहृष्टान् ॥ समाहृतानुद्धतपिच्छभारान्प्रिया-

उसे ढाँक लिया है ॥ २ ॥ स्वर्णालङ्कारसे विभूषित तुम्हारे अङ्गोंकी तरह केवल बिजली अलबत्ते कभी-कभी कौंध जाती है। गर्जनकारी मेघमण्डलसे तुम्हारे हारकी लड़ियोंके समान जलधारा गिर रही है ॥ ३ ॥ काले बादलोंके आस-पास जो बगुलियाँ मँडरा रही हैं, वे तुम्हारी दन्तपंक्ति जैसी सुन्दर दीख रही हैं। वर्षाका वेग बढ़ जानेके कारण कमल डूब गये हैं। अतएव सरोवरोंकी शोभा पहले जैसी नहीं रही ॥ ४ ॥ जैसे वनमें शुभ्रदन्त गजराज परस्पर युद्ध करते हैं, उसी प्रकार बगुलियोंकी पंक्तियुक्त मेघमण्डल वायुके कारण इधर-उधर उड़ते हुए मानो परस्पर लड़ रहे हैं ॥ ५ ॥ वह देखो, विचित्र वर्णका उदित इन्द्रधनुष तुम्हारी भौंहोंका अनुकरण कर रहा है। उसके कारण आकाश तथा मेघमण्डलकी शोभा असीम हो उठी है। उस इन्द्रधनुषको देखकर कामीजनोंका मन उल्लसित हो उठता है ॥ ६ ॥ अयि सुश्रोणि! मेघध्वनि सुनकर मयूरगण अपने सुन्दर पंख फैलाये किस तरह प्रसन्नतापूर्वक—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाच रहे हैं ॥ ७ ॥ कुछ मयूर चन्द्रकिरणोंके समान शुभ्र अट्टालिकाओंपर तनिक देरके लिए अतिशय मनोहारी शोभाका विस्तार करके किस प्रकार उन बलभियों (छज्जों) पर फिर रहे हैं ॥ ८ ॥ जिनके पंख पानीसे भींग गये थे, ऐसे कुछ मयूर वृक्षशिखरपर बैठकर चूड़ामणि सरीखी शोभाका विस्तार करनेके बाद घाससे हरी-भरी भूमिपर विराजमान हो गये हैं ॥ ९ ॥ चन्दनकी भाँति शीतल पवन जलधारका भेदन करके कामोद्दीपक कदम्ब, सर्ज और अर्जुन वृक्षके पुष्पोंकी सुगन्धि लेकर मन्द-मन्द बह रहा है ॥ १० ॥ इस वायुसे रतिश्रमके पसीनेकी बूँदें सूख जाती हैं और नये-नये मेघ आकाशमें आते रहते हैं। यदि इस प्रकारका पवन न बहता तो हमारी प्रिय वर्षा ऋतु कभी आती ही नहीं ॥ ११ ॥ सम्भोगसुख प्राप्त करनेके अनन्तर इस प्रकार श्रमनाशक सुगन्धमय वायुका झोंका प्राप्त करनेकी अपेक्षा उत्तम सुख और कुछ भी नहीं हो सकता ॥ १२ ॥ हे सुन्दरी! जलसे परिपूर्ण हो जानेके कारण

भिरामानुपनृत्यमानान् ॥ ७ ॥ हर्म्येषु चान्ये शशिपाण्डुरेषु राजन्ति सुश्रोणि मयूरसंघाः ॥ मुहूर्त्तशोभामतिचारुरूपां दत्त्वा पतन्तो वलभीपुटेषु
॥ ८ ॥ प्रक्लिन्नपक्षास्तरुमस्तकेषु मुहूर्तचूडामणितां विधाय ॥ प्रयान्ति भूमिं नवशाद्वलानामाशङ्कमाना धृतचारुदेहाः ॥ ९ ॥ प्रवाति धारान्तरनिः-
सृतश्च सुखोऽनिलश्चन्दनपङ्कशीतः ॥ कदम्बसर्जार्जुनपुष्पभूतं समावहन्गन्धमनङ्गबन्धुम् ॥ १० ॥ रतिश्रमस्वेदविनाशहेतुर्नवोदभारानयने च
हेतुः ॥ न मारुतः स्याद्यदि चारुगात्रि न मेघकालो मम वल्लभः स्यात् ॥ ११ ॥ एवंविधेषु प्रियसङ्गमेषु रतावसाने यदुपैति वायुः ॥ रतिश्रमस्वे-
दहरः सुगन्धी ततः परं किं सुखमस्ति लोके ॥ १२ ॥ जलाप्लुतानीक्ष्य महानदीनां सुगात्रि हंसाः पुलिनानि हृष्टाः ॥ गताः श्रमं मानसवास-
लुब्धाः ससारसाः क्रौञ्चगुणानुविद्धाः ॥ १३ ॥ न भान्ति नद्यो न सरांसि चैव हतत्विषीवायतचारुनेत्रे ॥ गतेषु हंसेष्वथ सारसेषु रथाङ्गतुल्याह्वय-
नेषु चैव ॥ १४ ॥ भोगैकदेशेन शुभं शयानं ध्रुवं जगन्नाथमुपेन्द्रमीशम् ॥ निद्राभ्युपेता वरकालतज्ज्ञा श्रियं प्रणम्योत्तरचारुरूपान् ॥ १५ ॥ निद्राय-
माणे भगवत्युपेन्द्रे मेघाम्बराक्रान्तनिशाकरोऽद्य ॥ पद्मामलाभः कमलायताक्षि कृष्णस्य वक्त्रानुकृतिं करोति ॥ १६ ॥ कदम्बनीपार्जुनकेतकानां
स्रजो ध्रुवं कृष्णमुपानयन्ति ॥ पुष्पाणि चान्यान्यृतवः समस्ताः कृष्णात्प्रसादानभिकांक्षमाणाः ॥ १७ ॥ नागाश्चरन्तो विषदिग्धवक्त्राः स्पृशन्ति
पुष्पाण्यपि पादपान्यान् ॥ पेपीयमानान्भ्रमरैर्जनानां कौतूहलं ते जनयन्त्यतीव ॥१८॥ तोयातिभाराम्बुदवृन्दनद्धं नभः पतिष्यन्तमिवाभिवीक्ष्य ॥

नदियोंके तटके हंसगण बड़ी प्रसन्नतापूर्वक बगुलों तथा सारसोंके साथ मानसरोवरको चल पड़े ॥ १३ ॥ अतएव अब नदी तथा सरोवरमें कहीं भी हंसों और सारसोंकी शोभा नहीं दिखायी देती। क्योंकि हंस, सारस तथा चक्रवाक पक्षी उन्हें छोड़कर चले गये हैं ॥ १४ ॥ इस समय जगत्प्रभु विष्णुभगवान शेषशय्यापर शयन कर रहे हैं। सो निद्रादेवी अब लक्ष्मीको त्यागकर भगवानके पास चली गयी हैं ॥ १५ ॥ हे कमलायताक्षि! विष्णुभगवानके सो जानेपर मेघरूपी वस्त्रसे आच्छादित चन्द्रमा कभी-कभी अपना कमल सदृश निर्मल मुख दिखाकर उनका अनुकरण कर रहा है ॥ १६ ॥ भगवान विष्णुकी कृपा प्राप्त करनेकी आशासे विभिन्न ऋतुयें कदम्ब, नीप, अर्जुन तथा केतकी आदिके पुष्पोंकी माला अर्पण कर रही हैं ॥ १७ ॥ विषैले सर्प इधर-उधर विचरते हुए जिन-जिन पुष्पों और वृक्षोंका स्पर्श करते हैं, भ्रमरगण उन्हीं पुष्पों और वृक्षोंका रस लेते फिर रहे हैं। यह देखकर मनुष्योंको बड़ा

८७

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आश्चर्य और कौतूहल हो रहा है ॥ १८ ॥ हे सुमुखि ! सजल जलधरोंके भारसे आकाशमण्डल मानो अभी नीचे गिर पड़ेगा, इसी आशंकासे मानो तुम्हारा मुख, स्तन और ऊरुप्रदेश अवसन्न हो रहा है ॥ १९ ॥ फलतः बगुलियोंकी पंक्तिसे परिवेष्टित एवं लोककल्याणार्थ धारावर्षी मेघमण्डल देखकर मनोविकार उत्पन्न हो जानेके कारण ही तुम्हारेमें यह अवसाद आया है ॥ २० ॥ जलके भारसे लदे मेघोंको इधर-उधर उड़ाकर वायु मानो उनमें परस्पर युद्ध करा रहा है। जैसे किसी राजाकी आज्ञासे राजाके बलदृप्त हाथियों और जंगली हाथियोंमें युद्ध हो रहा हो ॥ २१ ॥ मेघगणोंके अति पवित्र तथा सुगन्धित जल बरसानेके कारण चातक और मयूर आदि मेघप्रिय पक्षियोंके हर्षकी कोई सीमा नहीं रह गयी है ॥ २२ ॥ आंठ महीने बराबर भूगर्भमें शयन करनेवाले मेढकोंका समूह इस समय दलबद्ध होकर बोल रहा है। मानो वेदाध्ययनशील तथा सत्यधर्मपरायण ब्राह्मणगण शिष्योंसे परिवेष्टित होकर वेद-

निपानगम्भीरमभिन्नवृत्तं मनोहरं चारुमुखस्तनोरु ॥ १९ ॥ बलाकमालाकुलमाल्यदाम्ना निरीक्ष्य रम्यं घनवृन्दमेतत् ॥ सस्यानि भूमावभिवर्षमाणं जगद्धितार्थं विमलाङ्गयष्टे ॥२०॥ जलावलम्बाम्बुदवृन्दकर्षी घनैर्घनान् योधयतीव वायुः ॥ प्रवृत्तचक्रो नृपतिर्वनस्थान्गजान्गजैः स्वैरिव वीर्यदृप्तान् ॥ २१ ॥ अभौममम्भो विसृजन्ति मेघाः पूतं पवित्रं पवनैः सुगन्धि ॥ हर्षावहं चातकबर्हिणानां वराण्डजानां जलदप्रियाणाम् ॥ २२ ॥ प्लवङ्गमः षोडशपक्षशायी विरौति गोष्ठः सह कामिनीभिः ॥ ऋचो द्विजातिः प्रियसत्यधर्मा यथा सुशिष्यैः परिवार्यमाणः ॥ २३ ॥ गुणो महांस्तोयदकालजोऽयं प्रबुद्धमेघस्वनभीषितानाम् ॥ परिष्वजन्तः परिवर्द्धयन्ति विनाऽपि शय्यासमयं प्रियाणाम् ॥ २४ ॥ दोषोऽयमेकः सलिलागमस्य मां प्रत्युदारान्वयवर्णशीले ॥ न दृश्यते यत्तव वक्त्रतुल्यो घनग्रहग्रस्ततनुः शशाङ्कः ॥ २५ ॥ प्रदृश्यते भीरु यदा शशाङ्को धनान्तरस्थो जगतः प्रदीपः ॥ तदाऽनुपश्यन्ति जनाः प्रहृष्टा बन्धुं प्रवासादिव संनिवृत्तम् ॥ २६ ॥ विलापसाक्षी प्रियहीनितानां संदृश्यते भीरु यदा शशाङ्कः ॥ नेत्रोत्सवः प्रोषितकामुकानां दृष्ट्वैव कान्तं भवतीत्यवैमि ॥ २७ ॥ नेत्रोत्सवः कान्तसमागतानां दावाग्नितुल्यः प्रियहीनितानाम् ॥ तेनैव देहेन वराङ्गनानां चन्द्रोऽपि तावत्प्रियविप्रियश्च ॥ २८ ॥ विनाऽपि चन्द्रेण पुरे पितुस्ते यतः प्रभा चन्द्रगभस्तिगौरी ॥ गुणागुणांश्चन्द्रमसो न वेद्मि

पाठ कर रहे हैं ॥ २३ ॥ हे सुन्दरी ! इस वर्षा ऋतुमें एक और चमत्कार है। वह यह कि कामिनियोंके शय्यापर जानेका समय उपस्थित न होनेपर भी वे मेघगर्जनसे भयभीत हो अपने प्रियतमसे लिपटकर उनका आनन्द बढ़ा देती हैं ॥ २४ ॥ इस ऋतुमें एकमात्र यही दोष है कि तुम्हारे मुखकी तरह सुन्दर चन्द्रमण्डल सर्वथा मेघोंमें छिप जाता है ॥ २५ ॥ यह जगत्प्रदीपस्वरूप चन्द्रमा जब मेघमण्डलसे बाहर निकलेगा तो सब लोग प्रवाससे लौटे हुए बान्धवके समान बड़ी उत्सुकताके साथ दर्शन करेंगे ॥ २६ ॥ चन्द्रदेव विरहिणी महिलाओंके विलापके साक्षी हैं, किन्तु जब वे प्रवाससे लौटे हुए प्रियजनोंका दर्शन पाती हैं तो उनके आनन्दका वारापार नहीं रह जाता ॥ २७ ॥ फलतः कामिनियोंकी प्रियमिलनदशामें चन्द्रमा अत्यन्त आनन्ददायक होता है, किन्तु वियोगावस्थामें दावानल जैसा लगने लगता है ॥२८॥ चन्द्रमाके न रहते हुए भी तुम्हारे पिताके भवनमें चन्द्रमाके समान प्रभा सदा विद्यमान रहती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है । अतएव तुम चन्द्रमाके गुण और अवगुणसे सर्वथा अनभिज्ञ हो । सो अब उनके गुण-अवगुणका विस्तृत वर्णन कर रहा हूँ, सुनो—॥ २९ ॥ जगत्पूज्य भगवान चन्द्रमाने अपनी सुकृति तथा तपोबलसे ब्राह्मणाधिपत्य प्राप्त किया हैं । अन्य किसीको यह पद पाना बहुत कठिन है । सामवेदी ब्राह्मण यज्ञमें उन्हींका गुणगान करते हैं ॥ ३० ॥ अमित पराक्रमी तथा उदारकीर्ति महाराज पुरूरवा जिनके पुत्र थे, भगवान चन्द्रमा उन बुधदेवके पिता हैं । वे समस्त विश्वके पूज्य तथा ओदनसिद्धकारी अग्निस्वरूप हैं । राजा पुरूरवा जब गन्धर्वलोकसे अग्निदेवको ला रहे थे तो वे बीच रास्तेमें ही अन्तर्धान हो गये । उस समय महादेवके तुल्य पराक्रमी चन्द्रदेवने ही अन्वेषण करके शमीगर्भमें छिपे हुए अग्निदेवका उद्धार किया था ॥ ३१ ॥ एक बार उन्होंने अप्सराओंमें प्रधान उर्वशीको चाहा था । पूर्वकालमें घोर मुनिगण उनके अमृतमय देहको पी गये थे ॥ ३२ ॥ जिनके कुलमें नृपवर आयुने जन्म लेकर अपनी

यतस्ततोऽहं प्रशशंसयिष्ये ॥ २९ ॥ अवाप यो ब्राह्मणराज्यमीड्यो दुरापमन्यैः सुकृतैस्तपोभिः ॥ गायन्ति विप्राः पवमानसंज्ञं समागताः पर्वणि
चाप्युदारम् ॥ ३० ॥ पिता बुधस्योत्तरवीर्यकर्मा पुरूरवा यस्य सुतो नृदेवः ॥ प्राणाग्निरीड्योऽग्निमजीजनद्यो नष्टं शमीगर्भभवं भवात्मा ॥ ३१ ॥
तथैव पश्चाच्चकमे महात्मा पुरोर्वशीमप्सरसां वरिष्ठाम् ॥ पीतः पुरा योऽमृतसर्वदेहो मुनिप्रवीरैर्वरगात्रि घोरैः ॥ ३२ ॥ नृपः कुशाग्रैः पुनरेव यश्च
धीमानतोऽग्निर्दिवि पूज्यते च ॥ आयुश्च वंशे नहुषश्च यस्य यो देवराजत्वमवाप वीरः ॥ ३३ ॥ देवातिदेवो भगवान्प्रसूतो वंशे हरिर्यत्र जगत्प्र-
णेता ॥ भैमः प्रवीरः सुरकार्यहेतोर्यः सुभ्रु दक्षस्य वृतः सुताभिः ॥ ३४ ॥ बभूव राजाऽथ वसुश्च यस्य वंशे महात्मा शशिवंशदीपः ॥ यश्चक्रव-
र्तित्वमवाप वीरः स्वैः कर्मभिः शक्रसमप्रभावः ॥ ३५ ॥ यदुश्च राजा शशिवंशमुख्यो योऽवाप मह्यामधिराजभावम् ॥ भोजाः कुले यस्य नराधि-
पस्य वीराः प्रसूताः सुरराजतुल्याः ॥ ३६ ॥ न कूटकृद्यस्य नृपोऽस्ति वंशे न नास्तिको नैष्कृतिकोऽपि वाथ ॥ अश्रद्दधानोऽप्यथवा कदर्यः शौर्येण
वा वारिरुहाक्षि हीनः ॥ ३७ ॥ वंशे वधूस्त्वं कमलायताक्षि श्लाघ्या गुणानामतिपात्रभूता ॥ कुरु प्रणामं शिखराग्रदन्ति तस्य त्वमीशस्य सतां
प्रियस्य ॥ ३८ ॥ नारायणात्मभवायनाय लोकायनाय त्रिदशायनाय ॥ खगेन्द्रकेतोः पुरुषोत्तमाय कुरु प्रणामं श्वशुराय देवि ॥ ३९ ॥ इति

यज्ञपरम्परासे इन्द्रपद प्राप्त करके अग्निसायुज्य लाभ किया था । जिनके वंशमें जन्म लेकर महाराज नहुषने अपने पराक्रमसे देवराजत्वपद पाया था । जगत्कर्ता देवादिदेव नारायणने देवकार्य साधन करनेके लिए जन्म लेकर जिस वंशको विभूषित किया था । जिन्होंने दक्ष प्रजापतिकी पुत्रीका पाणिग्रहण किया था ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ जिसके कुलमें इन्द्रतुल्य पराक्रमी महात्मा वसुने जन्म लेकर अपने उदात्त कर्मसे चक्रवर्तिता प्राप्त की थी ॥ ३५ ॥ जिस वंशमें महाराज यदुने जन्म लिया और जिनके द्वारा सुविस्तृत इन्द्र सदृश वीर भोजवंशकी उत्पत्ति हुई ॥ ३६ ॥ जिस वंशमें शठ, नास्तिक, प्रतारक (ठग), अधार्मिक एवं निर्वीर्य राजाओंका नाम भी नहीं था, तुम उसी चन्द्रवंशकी कुलवधू हुई हो । जो साक्षात् नारायण, स्वयम्भू, लोकनाथ, देवताओंके आश्रय और पुरुषोत्तम कहलाते हैं, वे ही चन्द्रदेव तुम्हारे ससुर हैं । अतएव तुम उन साधुजनप्रिय भगवान देवदेव चन्द्रमाको प्रणाम करो ॥ ३७–३९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणो' भाषाटीकायां सप्तनवतितमोऽध्यायः ॥ ९७ ॥

(प्रद्युम्नका दैत्योंके साथ युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अमित तेजस्वी कश्यपका यज्ञ समाप्त हो जानेपर जब वहाँ आये हुए अमित पराक्रमी देवता तथा दैत्य अपने-अपने घर चले गये। उसी समय दानवराज वज्रनाभ अपने पिता कश्यपके पास पहुँचा और अपनी त्रिलोकविजयकी कामना प्रकट की। तब कश्यपने कहा—॥ १ ॥ २ ॥ वत्स वज्रनाभ ! यदि तुम मेरी बात सुनने योग्य समझो तो मैं कहता हूँ। मेरी सलाह तो यही है कि तुम स्वजनोंके साथ आनन्दपूर्वक शान्तभावसे अपने नगरमें निवास करो ॥ ३ ॥ इन्द्र स्वभावतः तुमसे अधिक बलवान् हैं। और फिर वे वेदज्ञ, कृतज्ञ, ज्येष्ठ और सर्वगुणसम्पन्न हैं। यही कारण है कि वे त्रिलोकीके राजा हैं। फलतः वे सर्वांशमें योग्य पात्र तथा त्रिलोकीके

श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि प्रद्युम्नभाषणे सप्तनवतितमोऽध्यायः ॥ ९७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ सत्रावसाने च मुनेः कश्यपस्यातितेजसः ॥ जग्मुर्देवासुराः स्वानि स्थानान्यमितविक्रमाः ॥ १ ॥ वज्रनाभोऽपि निर्वृत्ते सत्रे कश्यपमभ्यगात् ॥ त्रैलोक्यविजयाकांक्षी तमुवाचाथ कश्यपः ॥ २ ॥ वज्रनाभ निबोध त्वं श्रोतव्यं यदि चेन्मम ॥ वस वज्रपुरे पुत्र स्वजनेन समावृतः ॥ ३ ॥ तपसाऽभ्यधिकः शक्रः शक्तश्चैव स्वभावतः ॥ ब्रह्मण्यश्च कृतज्ञश्च ज्येष्ठः श्रेष्ठतमो गुणैः ॥ ४ ॥ राजा कृत्स्नस्य जगतः पात्रभूतः सतां गतिः ॥ संप्राप्तो लोकराज्यं स सर्वभूतहिते रतः ॥ ५ ॥ नैव शक्यस्त्वया जेतुं वज्रनाभ विहन्यसे ॥ अहिं पदा व्युत्क्रमन्वै न चिराद्विनशिष्यसि ॥ ६ ॥ वज्रनाभश्च तद्वाक्यं नाभिनन्दति भारत ॥ कालपाशपरीतांगो मर्तुकाम इवौषधम् ॥ ७ ॥ अभिवाद्य स दुर्बुद्धिः कश्यपं लोकभावनम् ॥ त्रैलोक्यविजयारम्भे मतिं चक्रे दुरासदः ॥ ८ ॥ ज्ञातियोधान्समानीय मित्राणि सुबहूनि च ॥ प्रतस्थे स्वर्गमेवाग्रे विजिगीषन्विशांपते ॥९॥ एतस्मिन्नन्तरे देवौ कृष्णेन्द्रौ च महाबलौ ॥ प्रेषयामासतुर्हंसान्वज्रनाभवधं प्रति ॥१०॥ समागतास्तु तच्छ्रुत्वा यदुमुख्या महाबलाः ॥ मन्त्रयित्वा महात्मानश्चिन्तामापेदिरे तदा ॥ ११ ॥ वज्रनाभोऽद्य हन्तव्यः प्रद्युम्नेनेत्यसंशयम् ॥ तयोर्दुहितरो भार्या भक्त्या ताः सर्वभावनाः

राजा होकर सब प्राणियोंका कल्याण करते हैं ॥ ४ ॥ ५ ॥ तुम किसी तरह उन्हें परास्त नहीं कर सकते, बल्कि पादाहत सर्पके समान उन्हें कुपित करके तुम स्वयं नष्ट हो जाओगे ॥ ॥ हे महाराज ! वज्रनाभने महर्षि कश्यपकी इन बातोंको सुना अवश्य, किन्तु कालपाशमें पड़े औषधिकी अवज्ञा करनेवाले मुमूर्षु व्यक्तिके समान उसने उनपर ध्यान नहीं दिया ॥७॥ उस दुर्बुद्धि दानवने पिता कश्यपको प्रणाम किया और वहाँसे चल पड़ा। तदनन्तर वह दुर्बुद्धि दैत्य त्रैलोक्यविजयकी योजना बनाने लगा ॥ ८ ॥ घर जाकर उसने अपने स्वजनों तथा अन्यान्य सैकड़ों मित्र योद्धाओंको जुटाया और सर्वप्रथम स्वर्गपर विजयप्राप्तके लिए चढ़ाई कर दी ॥ ९ ॥ इधर देवराज इन्द्र तथा भगवान कृष्णने उसी समय वज्रनाभका वध करनेके उद्देश्यसे हंसोंको वज्रपुर भेजा ॥ १० ॥ उन हंसोंके लौटनेपर जब यादवोंने वहाँका सब वृत्तान्त सुना तो बहुत चिन्तित हुए ॥ ११ ॥ वे परस्पर कहने लगे—आज ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रद्युम्नके द्वारा वज्रनाभका विनाश करा दिया जायगा । इसमें कोई सन्देह नहीं है । किन्तु दानवोंकी पतिपरायणा कन्यायें गर्भवती हैं । उनका प्रसवकाल भी दूर नहीं है । अतएव अब हमें इस विषयमें क्या करना चाहिए ॥ १२ ॥ १३ ॥ इस प्रकार परस्पर मन्त्रणा करके उन्होंने यह निश्चित किया कि पहले श्रीकृष्ण तथा देवराज इन्द्रके पास यह समाचार भेज दिया जाय । उसके आगेका कर्तव्य वे ही लोग निर्धारित करेंगे । ऐसा निश्चय करके उन लोगोंने हंसोंको इन्द्र तथा भगवान कृष्णके पास भेज दिया । हंसोंने दोनों जगह जाकर सब समाचार कह सुनाया । तदनन्तर देवराज तथा श्रीकृष्णने उन हंसोंसे कहा—तुम जाओ और यादवोंसे कह दो कि डरनेकी कोई बात नहीं है ॥ १४ ॥ १५ ॥ उन बहुओंके गर्भसे जो पुत्र उत्पन्न होंगे, वे सभी गुणवान् और कामदेवके सदृश रूपवान् होंगे । गर्भावस्थासे ही वे वेद-वेदाङ्गके विज्ञ होंगे ॥ १६ ॥ भविष्य तथा अन्यान्य शस्त्रास्त्रोंके विषयमें उन्हें कुछ भी अज्ञात न रहेगा । वे धरतीपर गिरते ही विद्वान् और युवा हो जायँगे ॥ १७ ॥ हे महाराज ! देवराज तथा श्रीकृष्णकी बातें सुनकर हंस चल पड़े और वज्रपुरमें

॥ १२ ॥ सर्वाः सगर्भास्ताश्चैव किं नु कार्यमनन्तरम् ॥ प्राप्तः प्रसवकालश्च तासां नातिचिरादिव ॥ १३ ॥ संमन्त्रयित्वैतदथ हंसानूचुर्महाबलाः ॥ आख्येयमर्थवत्कृत्स्नं शक्रकेशवयोस्तदा ॥ १४ ॥ हंसैर्गत्वा तदाख्यातं देवयोस्तद्यथातथम् ॥ ताभ्यां हंसास्तु संदिष्टा न भेतव्यमिति प्रभो ॥ १५ ॥ उत्पत्स्यन्ति गुणैः श्लाघ्या पुत्रा वः कामरूपिणः ॥ गर्भस्थाः सर्ववेदांश्च सांगान्वेत्स्यन्त्यनिन्दिताः ॥ १६ ॥ तथा चानागतं सर्वमस्त्राणि विविधानि च ॥ सद्य एव युवानश्च भविष्यन्ति सुपण्डिताः ॥ १७ ॥ एवमुक्त्वा गता हंसाः पुनर्वज्रपुरं विभो ॥ शशंसुश्चैव भैमानां शक्रकेशवभाषितम् ॥ १८ ॥ प्रभावती तदा पुत्रं सुषुवे सदृशं पितुः ॥ सद्यो यौवनसम्प्राप्तं सर्वज्ञत्वं च भारत ॥ १९ ॥ मासमात्रेण सुषुवे देवी चन्द्रवती नृप ॥ चन्द्रप्रभमिति ख्यातं तनयं सदृशं पितुः ॥२०॥ सद्यश्च यौवनं प्राप्तं सर्वज्ञत्वं च भारत ॥ गुणवत्यपि पुत्रं च गुणवन्तमनिन्दिता ॥२१॥ युवानावथ सद्यस्तौ सर्वशास्त्रार्थकोविदौ ॥ इन्द्रोपेन्द्रप्रसादेन संवृत्तौ युद्धवर्द्धनौ ॥२२॥ हर्म्यपृष्ठे वर्द्धमाना दृष्टास्ते यदुनन्दनाः ॥ इन्द्रोपेन्द्रेच्छया वीर नान्यथेत्यवधार्यताम् ॥ २३ ॥ निवेदिताश्च संभ्रांतैर्दैत्यैराकाशरक्षिभिः ॥ वज्रनाभाय वीराय त्रिविष्टपजयैषिणे ॥ २४ ॥ वधाय सर्वे गृह्यन्तां ममैते गृहधर्षकाः ॥ इत्युवाचासुरपतिर्वज्रनाभो महासुरः ॥ २५ ॥ ततः सैन्यं समाज्ञप्तमसुरेन्द्रेण धीमता ॥ आवारयामास दिशः सर्वाः कुरुकुलोद्वह ॥२६॥

पहुँचकर उन्होंने यादवोंको श्रीकृष्ण तथा इन्द्रकी कही सब बात यथावत् बता दी । तदनन्तर प्रभावतीने एक पुत्र प्रसव किया । इन्द्र और उपेन्द्रके आशीर्वादसे उत्पन्न होते ही वह बालक युवा, सर्वज्ञ और पिताके अनुरूप सभी गुणोंसे सम्पन्न हो गया । उसके एक मास बाद देवी चन्द्रवतीने भी एक पुत्र प्रसव किया । उसका नाम पड़ा—चन्द्रप्रभ ॥१८–२०॥ चन्द्रप्रभ भी जन्म लेनेके साथ ही सर्वज्ञ, युवा और अपने पिताके अनुरूप गुणी हो गया । उसी समय गुणवतीके जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम पड़ा—गुणवान् । वह भी इन्द्र तथा उपेन्द्रकी कृपासे पहलेवाले दोनों भ्राताओंके सदृश सर्वज्ञ, युवा तथा सदृश गुणोंसे सम्पन्न हो गया ॥ २१ ॥ २२ ॥ एक दिन राजमहलकी छतपर आकाशरक्षी दानवोंने उन युवक यादवोंको देखा तो बहुत विस्मित हुए और दानवेन्द्र वज्रनाभके पास जाकर यह आश्चर्यजनक वृत्तान्त सुनाया और अन्तमें कहा—महाराज ! यह इन्द्र और उपेन्द्रका ही कौशल है, इसमें कोई सन्देह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं है ॥ २३ ॥ २४ ॥ यह समाचार सुनते ही स्वर्गविजयाभिलाषी दानव वज्रनाभने आज्ञा दी—वे सभी मेरे गृहविध्वंसी दुष्ट तत्काल पकड़ लिये जायँ और उनका वध कर दिया जाय। ॥ २५ ॥ आदेश पाते ही सेनाने कन्याभवनके चारों ओर घेरा डाल दिया। उस समय सब ओरसे "पकड़ो-मारो" की ही ध्वनि सुनायी देने लगी ॥ २६ ॥ २७ ॥ इस प्रकारका कोलाहल सुनकर महलकी पुत्रवत्सला मातायें कातरभावसे रोने लगीं। उन्हें रुदन करते देखकर प्रद्युम्नने आश्वासन देते हुए कहा—हमारे जीवित रहते तुम्हें कोई भय नहीं है। ये दैत्य हमारा क्या कर लेंगे ? ॥ २८ ॥ २९ ॥ तदनन्तर विशेष विमनस्क प्रभावतीको सम्बोधित करके उन्होंने कहा—प्रिये ! तुम्हारे पिता, पितृव्य, भ्राता, जातिबन्धु तथा अन्यान्य सभीलोग हाथमें गदा ले लेकर खड़े हैं। तुम्हारे सम्बन्धके नाते ये सभी मेरे पूज्य और मान्य हैं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ वस्तुतः यह बहुत बड़ा संकटकाल सम्मुख उपस्थित है। अतएव तुम अपनी बहिनोंसे पूछो कि क्या किया जाय ? इस समय यदि गुरु तथा आत्मीयजन समझकर अत्याचार सहन किया जाता है तो हमारा सर्वनाश हो जायगा। और यदि युद्धमें प्रवृत्त हुआ

गृह्यन्तामाशु वध्यन्तामिति वाचस्ततस्ततः ॥ उच्चैरुरसुरेन्द्रस्य शासनादरिशासिनः ॥ २७ ॥ तच्छ्रुत्वा व्यथितास्तेषां मातरः पुत्रवत्सलाः ॥ रुरुदुस्ता रुदंतीश्च प्रद्युम्नः प्रहसन्ब्रवीत् ॥ २८ ॥ मा भैष्ट जीवमानेषु स्थितेष्वस्मासु सर्वथा ॥ किं नो दैत्याः करिष्यन्ति सर्वथा भद्रमस्तु वः ॥ २९ ॥ प्रभावतीमथोवाच प्रद्युम्नो विकलां स्थिताम् ॥ पिता तव गदापाणिः पितृव्याश्च स्थितास्तव ॥ ३० ॥ भ्रातरश्चैव ते देवि ज्ञातयश्च तथापरे ॥ एते पूज्याश्च मान्याश्च तवार्थे खलु सर्वथा ॥ ३१ ॥ भगिन्यौ पृच्छ भद्रं ते कालोऽयं खलु दारुणः ॥ मरणं सहमानानां युद्ध्यतां विजयो ध्रुवम् ॥ ३२ ॥ दानवेन्द्रादयो ह्येते योत्स्यन्तेऽस्मद्वधैषिणः ॥ किमत्र कार्यमस्माभिः सर्वैश्चक्रान्तरस्थितैः ॥ ३३ ॥ प्रभावती रुदन्ती तु प्रद्युम्नमिदमब्रवीत् ॥ शिरस्यञ्जलिमाधाय जानुभ्यां पतिता क्षितौ ॥ ३४ ॥ गृहाण शस्त्रमात्मानं रक्ष शत्रुनिबर्हण ॥ जीवन्पुत्रांश्च दारांश्च द्रष्टाऽसि यदुनन्दन ॥ ३५ ॥ आर्यां नृवर वैदर्भीमनिरुद्धं च मानद ॥ स्मृत्वैतन्मोक्षयात्मानं व्यसनादरिमर्दन ॥ ३६ ॥ दुर्वाससा वरो दत्तो मुनिना मम धीमता ॥ वैधव्यरहिता हृष्टा जीवपुत्रा भविष्यसि ॥ ३७ ॥ एष मे हृदयाश्वासो भविता न तदन्यथा ॥ सूर्याग्नितेजसो वाक्यं मुनेरिन्द्रानुजात्मज ॥ ३८ ॥ इत्युक्त्वाऽथा-

जाय तो विजय निश्चित है। क्योंकि जो मरणसे न घबड़ाकर लड़ते रहते हैं तो अन्तमें उनकी विजय अवश्य होती है ॥३२॥ ये चारों ओरसे घेरकर युद्धमें हमें मारनेके लिए तैयार खड़े हैं। ऐसी विकट परिस्थितिमें क्या करना चाहिए ? ॥ ३३ ॥ यह सुनकर प्रभावती रुदन करती हुई दोनों हाथ जोड़कर प्रद्युम्नके पैरपर गिर पड़ी और कहने लगी—॥ ३४ ॥ आर्यपुत्र ! आप शस्त्र लेकर आत्मरक्षा करिए। हे यदुनन्दन ! यदि आप जीवनरक्षा कर सके तो स्त्री-पुत्रका सुख देखनेके अधिकारी होंगे ॥ ३५ ॥ इस समय आप आर्या रुक्मिणी तथा अनिरुद्धका स्मरण करके इस संकटसे छूटनेका उपाय करिए ॥ ३६ ॥ पूर्वकालमें महामुनि दुर्वासाने मुझे आशीर्वाद देते हुए कहा था—'तुम वैधव्यरहित, पतिप्रिया तथा जीवितपुत्रिका होओगी।" ॥ ३७ ॥ इसीसे मेरे मनमें ऐसा विश्वास है कि सूर्य तथा चन्द्रमा सदृश तेजस्वी महर्षि दुर्वासाका वचन कभी मिथ्या नहीं हो सकता ॥ ३८ ॥ अतएव आप तलवार धारण करिए।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आपकी जय हो' यह कहकर प्रभावतीने प्रद्युम्नके हाथमें तीक्ष्ण धारकी तलवार थम्हा दी ॥ ३९ ॥ नतमस्तक होकर प्रसन्न मनसे प्रद्युम्नने अपनी प्रियतमाकी दी हुई तलवार ले ली ॥ ४० ॥ प्रभावतीके समान चन्द्रावतीने भी गदको और गुणवतीने साम्बको तलवार दी ॥ ४१ ॥ उसी समय प्रद्युम्नने हंसकेतुको सम्बोधित करके कहा—'इस समय तुम साम्ब तथा अन्यान्य यादवोंके साथ मिलकर इसी स्थानपर रहते हुए युद्ध करो ॥ ४२ ॥ मैं अकेला ही आकाश तथा सभी दिशाओंमें युद्ध करूँगा। ऐसा कहकर उन्होंने तत्काल अपने माया-बलसे एक रथका निर्माण किया ॥ ४३ ॥ सब नागोंमें श्रेष्ठ सहस्रमस्तकधारी शेषनाग उस रथके सारथी बने ॥ ४४ ॥ उस मायाकल्पित रथको देखकर प्रभावतीके हर्षका ठिकाना नहीं रहा। अब प्रद्युम्न तृणराशिमें लगी आगके समान दानव-शत्रुओंके बीच निर्भयभावसे विचरने लगे ॥ ४५ ॥ उनके अर्धचन्द्र, भेदन तथा गोधन प्रभृति सर्पतुल्य बाणोंकी

सिमादाय सूपस्पृष्ट्वा मनस्विनी ॥ प्रददौ रौक्मिणेयाय जयस्वेति वरं वरा ॥ ३९ ॥ स तं जग्राह धर्मात्मा प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ प्रणम्य शिरसा दत्तं प्रियया भक्तियुक्तया ॥ ४० ॥ चन्द्रवत्यपि निस्त्रिंशं गदाय प्रददौ मुदा ॥ तदा गुणवती चैव साम्बायासिं महात्मने ॥ ४१ ॥ हंसकेतुमथोवाच प्रद्युम्नः प्रणतं प्रभुः ॥ इहैव साम्बसहितो युध्यस्व सह यादवैः ॥ ४२ ॥ आकाशे दिक्षु सर्वासु योत्स्याम्यहमरिन्दम ॥ इत्युक्त्वाऽथ रथं चक्रे मायया मायिनां वरः ॥ ४३ ॥ सहस्रशिरसं नागं कृत्वा सारथिमात्मवान् ॥ अनन्तभोगं कौरव्य सर्वनागोत्तमोत्तमम् ॥ ४४ ॥ स तेन रथमुख्येन हर्षयन्वै प्रभावतीम् ॥ चचारासुरसैन्येषु तृणेष्विव हुताशनः ॥ ४५ ॥ शरैराशीविषप्रख्यैरर्द्धचन्द्रानुकारिभिः ॥ भेदनैर्गोधनैश्चैव ततर्द दितिसम्भवान् ॥ ४६ ॥ असुराश्च रणे मत्ताः कार्ष्णिं शस्त्रैरितस्ततः ॥ जघ्नुः कमलपत्राक्षं परं निश्चयमास्थिताः ॥ ४७ ॥ चिच्छेद बाहून्केषांचित्केयूरवलयोज्ज्वलान् ॥ सकुण्डलानि केषांचिच्छिरांस्यपि च चिच्छिदे ॥ ४८ ॥ क्षुरच्छिन्नैः शिरोभिश्च कायैश्च शकलैरपि ॥ असुराणां मही कीर्णा प्रद्युम्नेनातितेजसा ॥ ४९ ॥ देवेश्वरो देवगणैः सहितः समितिंजयः ॥ ददर्श मुदितो युद्धं भैमानां दितिजैः सह ॥ ५० ॥ ये गदं चैव साम्बं च दैत्याः समभिदुद्रुवुः ॥ ते यमुर्निधनं सर्वे यादांसीव महोदधौ ॥ ५१ ॥ विषमं तु तदा युद्धं दृष्ट्वा देवपतिर्हरिः ॥ गदाय प्रेषयामास स्वं रथं हरिवाहनः ॥ ५२ ॥ दिदेश मातलिसुतं यन्तारं च सुवर्चसम् ॥ साम्बायैरावणं नागं प्रेषयामास चेश्वरः ॥ ५३ ॥ जयन्तं रौक्मिणेयस्य सहायम-

वर्षासे दानवोंकी सेना विमर्दित होने लगी ॥ ४६ ॥ तब वे असुर भी रणमत्त होकर प्राणपणसे प्रद्युम्नपर शस्त्रास्त्रोंकी वर्षा करने लगे ॥ ४७ ॥ उधर प्रद्युम्न भी अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके किसीका केयूर तथा वलयविभूषित हाथ और किसीका कुण्डलालंकृत मस्तक काट-काटकर गिराने लगे ॥ ४८ ॥ प्रद्युम्नके क्षुरास्त्रसे कटे मस्तकों तथा खण्ड-खण्ड शरीरवाले दैत्योंसे सारी युद्धभूमि पट गयी ॥ ४९ ॥ उस समय देवराज इन्द्र देवताओंके साथ आकर प्रसन्नतापूर्वक अन्तरिक्षसे वह महाभयानक युद्ध देखने लगे ॥ ५० ॥ जो-जो दैत्य रोषके साथ साम्बकी ओर दौड़ते थे, उन्हें समुद्रगत जलजन्तुओंकी तरह फिर लौटना नहीं पड़ता था—वे वहीं समाप्त हो जाते थे ॥ ५१ ॥ देवराज इन्द्रने उस युद्धकी भयंकरता देखकर गदके पास अपना रथ भेज दिया। इन्द्रसारथि मातलिका पुत्र उस रथपर सारथ्यकार्यमें नियुक्त था। साथ ही साम्बके लिए ऐरावत हाथी भी भेजा। उस हाथीका महावत विप्र प्रवर था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इन्द्रने अपने पुत्र जयन्तको उनकी सहायताके लिए भेज दिया ॥५२–५४॥ इस प्रकार अपरिमित पराक्रमी जयन्त, विप्रवर प्रवर, मातलिपुत्र और ऐरावत हाथी ये सब यादवोंके पास जा पहुँचे ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ उस समय चारों ओरसे लोग कहने लगे—'इस दुर्मति दानवका तपोबल क्षीण हो गया है—अब इसका निस्तार नहीं है। इस बार इसे यादवोंके हाथों वीरगति प्राप्त करनी होगी। अबसे संसारके प्राणी सर्वत्र इच्छानुसार आवागमन कर सकेंगे ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ इधर प्रद्युम्न और जयन्त दोनों असुरसेनाका विनाश करते तथा बाणोंकी झड़ी लगाते हुए वज्रनाभके प्रासादकी छतपर जा पहुँचे ॥ ५९ ॥ वहाँ पहुँचकर रणदुर्जय प्रद्युम्नने गदको सम्बोधित करके कहा— 'तात! भगवान इन्द्रने यह अश्वयुक्त रथ आपके लिए भेजा है। मातलिपुत्र इस रथका सारथी है। साम्बके लिए उनका ऐरावत हाथी आया है। विप्रवर प्रवर उस हाथीका महावत हैं ॥ ६० ॥ आज द्वारकापुरीमें रुद्रदेवका पूजन होनेवाला है। इसी कारण द्वारकाधीश भगवान कृष्ण नहीं आ सकेंगे। पूजाका कार्य समाप्त हो जानेपर कल सवेरे ही वे यहाँ आ जायँगे ॥ ६१ ॥ उनके आ जानेपर आदेश

ददाद्विभुः ॥ ऐरावणमधिष्ठातुं प्रवरं स नियुक्तवान् ॥ ५४ ॥ देवपुत्रद्विजौ वीरावप्रमेयपराक्रमौ ॥ अनुज्ञाप्य सुराध्यक्षं ब्रह्माणं लोकभावनम् ॥ ५५ ॥ तं मातलिसुतं चैव गजमैरावणं तदा ॥ देवः प्रेषितवाञ्छक्रो विधिज्ञो वरकर्मसु ॥ ५६ ॥ क्षीणमस्य तपो वध्यो यदूनामेष दुर्मतिः ॥ प्रविशन्ति तु भूतानि सर्वत्र तु यथेप्सितम् ॥ ५७ ॥ प्रद्युम्नश्च जयन्तश्च प्राप्तौ हर्म्यं महाबलौ ॥ असुराञ्छरजालौघैर्विक्राम्यन्तौ प्रणश्यतुः ॥ ५८ ॥ गदं कार्ष्णिस्तदोवाच दुर्वार्यरणदुर्जयः ॥ उपेन्द्रानुज शक्रेण रथोऽयं प्रेषितस्तव ॥ ५९ ॥ हरियुङ्मातलिसुतो यन्ता चायं महाबलः ॥ प्रवराधिष्ठितश्चायं साम्बस्यैरावणो गजः ॥ ६० ॥ अद्योपहारो रुद्रस्य द्वारकायां महाबलः ॥ श्व एष्यति हृषीकेशस्तस्मिन्वृत्तेऽच्युतानुज ॥ ६१ ॥ तस्याज्ञया वधिष्यामो वज्रनाभं सबान्धवम् ॥ अभ्युत्थानकृतं पापं त्रिविष्टपजयं प्रति ॥ ६२ ॥ करिष्यामि विधानं च नैष चक्रं सुतान्वितम् ॥ विजेष्यत्यप्रमादस्तु कर्तव्य इति मे मतिः ॥ ६३ ॥ कलत्ररक्षणं कार्यं सर्वोपायैर्नरैर्बुधैः ॥ कलत्रधर्षणं लोके मरणादतिरिच्यते ॥ ६४ ॥ एवं संदिश्य भैमः स गदसाम्बौ महाबलः ॥ प्रद्युम्नकोट्यः ससृजे मायया दिव्यरूपया ॥ ६५ ॥ तमश्च नाशयामास दैत्यसृष्टं दुरासदम् ॥ जहृषे देवराजश्च तं दृष्ट्वा रिपुमर्दनम् ॥ ६६ ॥ ददृशुः सर्वभूतानि कार्ष्णिं सर्वेषु शत्रुषु ॥ अन्तरात्मनि वर्तन्तं क्षेत्रज्ञमिव तं विदुः ॥ ६७ ॥ एवं व्यतीता रजनी रौक्मिणेयस्य

पाकर हमलोग वज्रनाभको सपरिवार नष्ट कर देंगे। यह दुष्ट स्वर्गके राज्यको पराजित करना चाहता है। अतएव हमें इसके विनाशका कोई उपाय करना ही होगा ॥ ६२ ॥ भगवान स्वयं कभी इस दैत्यका वध न करेंगे। अतएव जब हमीं लोग प्रयत्न करेंगे, तभी इस चतुर नीतिज्ञपर विजय प्राप्त हो सकेगी ॥ ६३ ॥ शास्त्रीय दृष्टिसे देखा जाय तो ज्ञात होगा कि स्त्रीरक्षा वीरका सर्वप्रधान कर्तव्य होता है। संसारमें स्त्रीको अपमानित होते देखनेकी अपेक्षा मर जाना कहीं अच्छा है' ॥ ६४ ॥ हे महाराज! महाबली कन्दर्प (प्रद्युम्न) ने पितृव्य गद और साम्बसे ऐसा कहकर मायाबलसे अपने करोड़ों रूप धारण कर लिये ॥ ६५ ॥ दैत्योंने जिस मायामय अंधकारकी सृष्टि की थी, उसे प्रद्युम्नने नष्ट कर दिया। उनकी असाधारण क्षमता देखकर इन्द्रदेवके आह्लादका ठिकाना नहीं रहा ॥ ६६ ॥ शरीरमें स्थित जीवात्माके समान संसारके सभी प्राणियोंने देखा कि वीर प्रद्युम्न एक साथ सब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शत्रुओंपर आक्रमण कर रहे हैं ॥ ६७ ॥ इस प्रकार युद्ध करते-करते रात बीत गयी और रात ही भरमें दैत्योंका तीन भाग नष्ट हो गया ॥ ६८ ॥ कृष्णतनय कामदेव जबतक रणभूमिमें युद्ध करते रहे, उसी बीच जयन्तने जाकर मन्दाकिनीके जलमें सन्ध्योपासना कर ली ॥ ६९ ॥ जब जयन्त दैत्योंसे लड़ने लगे तब कामदेव आकाशगंगामें संध्योपासन करने लगे ॥७०॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामष्टनवतितमोऽध्यायः ॥ ९८ ॥

(वज्रनाभवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर लोकलोचन भगवान सूर्यके उदित होकर छ दण्ड दिन चढ़ जानेपर देवदेव कृष्णभगवान उरगशत्रु गरुड़पर आरूढ़ होकर वज्रनाभपुरमें जा पहुँचे ॥१॥ खगराज गरुड़का वेग हंस, वायु तथा मनसे भी अधिक प्रबल था। वे आकाशमार्गमें जाकर इन्द्रके समीप रुक गये ॥ ॥ इस प्रकार इन्द्र और उपेन्द्रका

युध्यतः ॥ असुराणां त्रिभागश्च निहतश्चातितेजसा ॥ ६८ ॥ यावद्वियोधयामास कार्ष्णिर्दैत्यान्रणाजिरे ॥ सन्ध्योपास्ता जयन्तेन तावद्विष्णुपदी-जले ॥ ६९ ॥ अयोधयज्जयन्तश्च यावद्दैत्यान्महाबलः ॥ तावदाकाशगङ्गायां भैमः सन्ध्यामुपास्तवान् ॥ ७० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि प्रद्युम्नदैत्ययुद्धेऽष्टनवतितमोऽध्यायः ॥ ९८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जगतश्चक्षुषि ततो मुहूर्ताभ्युदिते रवौ ॥ प्रादुरासीद्धरिर्देवस्तार्क्ष्येणोरगशत्रुणा ॥ १ ॥ हंसवायुमनोभिश्च सुशीघ्रतरगः खगः ॥ तस्थौ वियति शक्रस्य समीपे कुरुनन्दन ॥ २ ॥ समेत्य च यथान्यायं कृष्णो वासवसन्निधौ ॥ पाञ्चजन्यं हरिर्दध्मौ दैत्यानां भयवर्द्धनम् ॥ ३ ॥ तं श्रुत्वाऽभ्यागतस्तत्र प्रद्युम्नो बलवीरहा ॥ वज्रनाभं जहीत्युक्तः केशवेन त्वरेति च ॥ ४ ॥ तार्क्ष्यमारुह्य गच्छेति पुनरेव प्रणोदितः ॥ चकार स तथा वीरः प्रणिपत्य सुरोत्तमौ ॥ ५ ॥ स मनोरंहसा वीर तार्क्ष्येणाशु ययौ नृप ॥ अभ्याशं वज्रनाभस्य महाद्वन्द्वस्य भारत ॥ ६ ॥ ततस्तार्क्ष्यगतो वीरस्ततर्द रणमूर्द्धनि ॥ वज्रनाभं स्थिरो भूत्वा सर्वास्त्रविदनिन्दितः ॥ ७ ॥ तेन तार्क्ष्यगतेनैव गदया कृष्णसूनुना ॥ उरस्यभ्याहतो वीरो वज्रनाभो महात्मना ॥ ८ ॥ स तेनाभिहतो वीरो दैत्यो मोहवशं गतः ॥ चक्षार च भृशं रक्तं बभ्रामैव गतासुवत् ॥ ९ ॥ आश्वसेत्यथ

परस्पर मिलन हो जानेपर उपेन्द्रने दैत्योंके लिए भयदायी अपना पाञ्चजन्य शंख बजाया ॥ ३ ॥ शंखका शब्द सुनकर प्रद्युम्न श्रीकृष्णके पास गये। तब भगवानने उनको सम्बोधित करके कहा—वत्स ! तुम तत्काल गरुड़जीकी पीठपर आरूढ़ होकर दैत्येन्द्र वज्रनाभका वध करो ॥ ४ ॥ पिताके द्वारा ऐसा आदेश पाकर प्रद्युम्न इन्द्र तथा पिताको प्रणाम करके गरुड़ वाहन द्वारा वज्रनाभके सम्मुख जा पहुँचे। मनके सदृश वेगसे चलनेवाले गरुड़ द्वारा उन्हें पहुँचनेमें कुछ भी देर नहीं लगी ॥ ५ ॥ ६ ॥ तदनन्तर शस्त्रविशारद प्रद्युम्न रणभूमिमें जाकर अपने सुतीक्ष्ण बाणोंके प्रहारसे वज्रनाभको पीडित करने लगे ॥ ७ ॥ क्षण भर बाद गरुड़की पीठपर बैठे ही बैठे उन्होंने वज्रनाभकी छातीपर इतने वेगसे गदाका प्रहार किया कि उसी आघातसे वह मरणासन्न होता हुआ अचेत हो गया और उसने अत्यधिक रुधिरका वमन किया ॥ ८ ॥ ९ ॥ तनिक देर बाद जब वह सचेत हुआ, तब उसे सम्बोधित करके रणदुर्जय

८८

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रद्युम्नने कहा—दैत्यराज ! धैर्य धारण करो । तब वज्रनाभने उन्हें उत्तर देते हुए कहा—॥ १० ॥ हे यदुनन्दन ! तुम बलवान् हो । मैं तुम्हारी वीरताके उपलक्ष्यमें तुम्हें धन्यवाद देता हूँ । अच्छा, सम्हल जाओ । अब मैं प्रहार करूँगा ॥११॥ ऐसा कहकर उसने एक साथ सैकड़ों मेघोंके समान भीषण गर्जन करके प्रद्युम्नके मस्तकपर अपनी घण्टा-कण्टकाकीर्ण गदाका प्रहार कर दिया ॥ १२ ॥ इस गदाघातसे आहत होकर प्रद्युम्न रुधिरका वमन करते हुए मूर्छित हो गये ॥ १३ ॥ उन्हें इस दशामें देखकर आश्वासन देनेके लिए रिपुनाशक भगवान कृष्णने अपना पाञ्चजन्य शंख बजाया । शंखका शब्द सुनते ही प्रद्युम्न आश्वस्त होकर उठ बैठे । उन्हें सचेत देखकर सब लोगोंको और विशेष करके इन्द्र और उपेन्द्रको बहुत आनन्द प्राप्त हुआ ॥१४॥१५॥ तदनन्तर भगवान कृष्णकी इच्छासे उनका दैत्यकुलान्तक सहस्रार सुदर्शन चक्र प्रद्युम्नके करकमलमें जा पहुँचा ॥१६॥ तब उन्होंने भगवान कृष्ण और देवराज

तं कार्ष्णिरुवाच रणदुर्जयः ॥ लब्धसंज्ञः स वीरस्तु प्रद्युम्नमिदमब्रवीत् ॥ १० ॥ साधु यादव वीर्येण श्लाघ्यो मम रिपुर्भवान् ॥ प्रतिप्रहारकालोऽयं स्थिरो भव महाबल ॥ ११ ॥ एवमुक्त्वा महानादं मुक्त्वा मेघशतोपमम् ॥ गदां मुमोच वेगेन सघण्टां बहुकण्टकाम् ॥ १२॥ तथा ललाटेऽभिहतः प्रद्युम्नो गदया नृप ॥ उद्वमन्रुधिरं भूरि मुमोह यदुनन्दनः ॥ १३ ॥ तं दृष्ट्वा भगवान्कृष्णः पाञ्चजन्यं जलोद्भवम् ॥ दध्मावाश्वासनकरं पुत्रस्य रिपुनाशनः ॥ १४ ॥ तं पांचजन्यशब्देन प्रत्याश्वस्तं महाबलम् ॥ दृष्ट्वा प्रमुदिता लोका विशेषेणेन्द्रकेशवौ ॥ १५॥ तस्य चक्रं करे यातं कृष्णच्छन्देन भारत ॥ क्षुरनेमिसहस्रारं दैत्यसंघकुलांतकम् ॥ १६ ॥ तन्मुमोचाच्युतसुतस्तस्य नाशाय भारत ॥ नमस्कृत्वा सुरेन्द्राय कृष्णाय च महात्मने ॥ १७ ॥ वज्रनाभस्य तत्कायादुच्चकर्त शिरस्तदा ॥ नारायणसुतोन्मुक्तं दैत्यानामनुपश्यताम् ॥ १८ ॥ गदः सुनाभमवधीद्यतमानं रणाजिरे ॥ हर्म्यपृष्ठे जिघांसन्तं रणदृप्तं भयानकम् ॥ १९ ॥ साम्बः समरमध्यस्थानसुरानरिमर्दनः ॥ निनाय निशितैर्बाणैः प्रेताधिपपरिग्रहम् ॥ २० ॥ निकुम्भोऽपि हते वीरे वज्रनाभे महासुरे ॥ जगाम षट्पुरं वीरो नारायणभयार्दितः ॥ २१ ॥ निर्बर्हिते देवरिपौ वज्रनाभे महासुरे ॥ अवतीर्णौ महात्मानौ हरी वज्रपुरं तदा ॥२२ ॥ लब्धप्रशमनं चैव चक्रतुः सुरसत्तमौ ॥ सान्त्वयामासतुश्चैव बालवृद्धं भयार्दितम् ॥ २३ ॥ इन्द्रोपेन्द्रौ

इन्द्रको प्रणाम करके वज्रनाभका विनाश करनेके लिए वह चक्र चला दिया ॥ १७ ॥ उस चक्रास्त्रके प्रहारसे वज्रनाभका मस्तक कटकर पृथिवीपर गिर पड़ा । उस समय सब दैत्य यह दृश्य देख रहे थे ॥ १८ ॥ वज्रनाभका भ्राता रणदत्त और भयानक सुनाभ एक प्रासादपर खड़े होकर यादवोंके विनाशकी चेष्टा कर रहे थे । इसी अवसरपर महात्मा गदने अपने शस्त्र-प्रहारसे उन दोनोंको समाप्त कर दिया ॥ १९ ॥ इसके बाद जितने भी दानव समरभूमिमें अवतीर्ण हुए थे, उन सबको साम्बने अपने तीक्ष्ण बाणोंसे मारकर यमपुर भेज दिया ॥२०॥ हे महाराज ! वज्रनाभ महासुरके निधनका समाचार सुनकर भगवान कृष्णके भयसे घोरतम संकटकी आशंका करके निकुम्भ दैत्य अपने षट्पुर नगरको चला गया ॥ २१ ॥ तब इन्द्र और भगवान कृष्ण दोनों वज्रपुरमें अवतीर्ण हो गये । वे उतरते ही भयचकित दानवों, बालकों और वृद्धोंको आश्वासन तथा सान्त्वना प्रदान करने लगे ॥ २२ ॥ २३ ॥ तदनन्तर वर्तमान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और भविष्यमें वज्रपुरका शासनप्रबन्ध चलानेके लिए देवगुरु बृहस्पतिके परामर्शसे एक योजना बनायी गयी। तदनुसार सर्वसम्मतिसे वज्रपुर चार भागोंमें बाँट दिया गया। उनमेंसे एक भाग जयन्तके पुत्र विजयको, दूसरा भाग प्रद्युम्नके पुत्रको, तृतीय भाग साम्बके पुत्रको और चतुर्थांश गदके पुत्र चन्द्रप्रभको दे दिया गया ॥२४–२६॥ वज्रपुरके अतिरिक्त जो चार करोड़ गाँव, कम्बल, चर्म, वस्त्र, वज्रपुरसदृश हजारों उपनगर और विविध रत्नादि सम्पत्तियाँ थीं, वे भी चार भागोंमें विभक्त करके उन चारोंमें बराबर-बराबर बाँट दी गयीं ॥२७॥२८॥ तदनन्तर देवराज इन्द्र और श्रीकृष्णने ऋषिसंघके सम्मुख मन्दाकिनीके जलसे उन चारोंका राज्याभिषेक किया। उस समय देवदुन्दुभियाँ बजने लगीं। जयन्तपुत्र विजयके लिए स्वर्गका आवागमन निश्चित था ही, अब वज्रनाभ-सुनाभ जैसे दैत्योंके नातियोंको भी स्वर्ग आने-जानेका अधिकार प्राप्त हो गया ॥ २९–३१ ॥ इस तरह उन चारोंका राज्याभिषेककार्य संपन्न हो जानेपर

महात्मानौ मन्त्रयित्वा महाबलौ ॥ आयत्यां च तदात्वे च बृहस्पतिमतानुगौ ॥ २४ ॥ वज्रनाभस्य तद्राज्यं चतुर्द्धा चक्रतुर्नृप ॥ विजयस्य
चतुर्भागं जयन्ततनयस्य वै ॥ २५ ॥ प्रद्युम्नस्य चतुर्भागं रौक्मिणेयसुतस्य च ॥ चन्द्रप्रभस्य ददतुश्चतुर्भागं जनेश्वर ॥ २६ ॥ कोट्यश्चतस्रो
ग्रामाणामधिकास्ता विशांपते ॥ शाखापुरसहस्रं च स्फीतं वज्रपुरोपमम् ॥ चतुर्द्धा चक्रतुस्तत्र संहृष्टौ शक्रकेशवौ ॥ २७ ॥ कम्बलाजिनवासांसि
रत्नानि विविधानि च ॥ चतुर्द्धा चक्रतुर्वीरौ वीर वासवकेशवौ ॥२८॥ ततोऽभिषिक्तास्ते वीरा राजानो वासवाज्ञया ॥ देवदुन्दुभिवाद्येन नृप त्रिष्णु-
पदीजलैः ॥ २९ ॥ स्वयं शक्रेण देवेन केशवेन च धीमता ॥ ऋषिवंशे महात्मानः शक्रमाधवनन्दनाः ॥ ३० ॥ विजयस्य प्रसिद्धैव गतिर्वियति
धीमतः ॥ मातृजेन गुणेनापि माधवानां महात्मनाम् ॥ ३१ ॥ अभिषिच्य जयन्तं तु वासवो भगवान्ब्रवीत् ॥ त्वयैते वीर संरक्ष्या राजानः समितिं-
जय ॥ ३२ ॥ मम वंशकरोऽत्रैकः केशवस्य त्रयोऽनघ ॥ अवध्याः सर्वभूतानां भविष्यन्ति ममाज्ञया ॥ ३३ ॥ गमनागमनं चैव दिवि सिद्धं भवि-
ष्यति ॥ त्रिविष्टपं द्वारकां च रम्यां भैमाभिरक्षिताम् ॥ ३४ ॥ दिशागजसुतान्नागान्हयांश्चोच्चैःश्रवोऽन्वयान् ॥ इच्छयैषां प्रयच्छस्व रथांस्त्वष्टृकृता-
नपि ॥३५॥ गजावैरावणसुतौ शत्रुञ्जयरिपुञ्जयौ ॥ प्रयच्छाकाशगौ वीरौ सांबस्य च गदस्य च ॥ ३६ ॥ आकाशेन पुरीं यातुं द्वारकां भैमरक्षि-
ताम् ॥ आयातौ च सुतौ द्रष्टुं यथेष्टं भैमनन्दनौ ॥ ३७ ॥ इति संदिश्य भगवान्देवराजः पुरंदरः ॥ जगाम भगवान्स्वर्गं द्वारकामपि केशवः

देवराज इन्द्रने अपने पुत्र जयन्तसे कहा—वत्स ! कृष्णवंशीय तीन एवं हमारे वंशका एक, ये चारों जन राजपदपर अभिषिक्त हो गये। तुम इन सबका रक्षणावेक्षण बराबर करते रहना। आजसे ये सब प्राणियों द्वारा अवध्य हो गये हैं ॥३२॥३३॥ ये इच्छानुसार स्वर्ग तथा यादवों द्वारा सुरक्षित द्वारकापुरीमें आ-जा सकेंगे ॥ ३४ ॥ तुम इनको दिग्गजशिशु, उच्चैःश्रवाके बछेड़े एवं विश्वकर्मा द्वारा निर्मित रथ आदि प्रदान करो ॥ ३५ ॥ गद तथा साम्बको आकाशगामी शत्रुञ्जय और रिपुञ्जय नामके ऐरावतशिशु दे डालो ॥ ३६ ॥ ऐसा करनेसे ये आकाशमार्ग द्वारा इच्छानुसार द्वारकापुरीसे यहाँ अपने पुत्रोंको देखनेके निमित्त आ सकेंगे ॥ ३७ ॥ इस प्रकार समझाकर देवराज इन्द्र स्वर्गको और भगवान कृष्ण द्वारकापुरीको चले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गये ॥ ३८ ॥ इधर गद और प्रद्युम्न छ महीने वहाँ रहकर बादमें द्वारकापुरी गये ॥ ३९ ॥ हे महाराज ! आज भी सुमेरुपर्वतके उत्तरी पार्श्वमें ये राज्य विद्यमान हैं और जबतक संसार रहेगा, तबतक वे विद्यमान रहेंगे ॥ ४० ॥ मुसलयुद्धमें वृष्णिवंशीय यादवोंके दिवंगत हो जानेपर गद, प्रद्युम्न और साम्बने फिर वज्रपुरको प्रस्थान कर दिया ॥ ४१ ॥ तदनन्तर कुछ समय वहाँ रहकर भगवानकी कृपा, अपने-अपने सत्कर्मों एवं अनुपम गुणोंसे वे स्वर्गको चले गये ॥४ ॥ हे महाराज ! इस प्रकार मैंने आपको प्रद्युम्नके उत्कर्षका विस्तृत इतिहास सुनाया। महर्षि वेदव्यासका ऐसा निर्देश है कि इस कथाप्रसंगका श्रवण करनेसे कीर्ति, आयु, वंश, सुख, आरोग्य तथा धन-सम्पदा प्राप्त होती है और शत्रुका नाश होता है ॥४३॥४४॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां नवनवतितमोऽध्यायः ॥ ९९ ॥

॥३८॥ षण्मासानुषितस्तत्र गदः प्रद्युम्न एव च ॥ सांबश्च द्वारकां याता रूढे राज्ये महाबलाः ॥ ३९ ॥ अद्यापि तानि राज्यानि मेरोः पार्श्वे तथोत्तरे ॥ तिष्ठन्ति च जगद्यावत्स्थास्यन्त्यमरसंनिभ ॥ ४० ॥ निवृत्ते मौसले युद्धे स्वर्गं यातेषु वृष्णिषु ॥ गदप्रद्युम्नसांबास्ते गता वज्रपुरं विभो ॥ ४१ ॥ ततः प्रोष्य पुनर्याति स्वर्गं स्वैः कर्मभिः शुभैः ॥ प्रसादेन च कृष्णस्य लोककर्तुर्जनेश्वर ॥ ४२ ॥ प्रद्युम्नोत्तरमेतत्ते तदेव कथितं मया ॥ धन्यं यशस्यमायुष्यं शत्रुनाशनमेव च ॥ ४३ ॥ पुत्रपौत्रा विवर्द्धन्ते आरोग्यधनसम्पदः ॥ यशो विपुलमाप्नोति द्वैपायनवचो यथा ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वज्रनाभवधो नाम नवनवतितमोऽध्यायः ॥ ९९ ॥

वैशम्पान उवाच ॥ ददर्शाथ पुरीं कृष्णो द्वारकां गरुडे स्थितः ॥ देवसद्मप्रतीकाशां समन्तात्प्रतिनादिताम् ॥ १ ॥ मणिपर्वतयन्त्राणि तथा क्रीडागृहाणि च ॥ उद्यानवनमुख्यानि वलभीचत्वराणि च ॥ २ ॥ संप्राप्ते तु तदा कृष्णे पुरीं देवकिनन्दने ॥ विश्वकर्माणमाहूय देवराजोऽब्रवीदिदम् ॥३॥ प्रियमिच्छसि चेत्कर्तुं मह्यं शिल्पवतां वर ॥ कृष्णप्रियार्थं भूयस्त्वं प्रकुरुष्व मनोहराम् ॥ ४ ॥ उद्यानशतसंबाधां द्वारकां स्वर्गसंमिताम् ॥ कुरुष्व विबुधश्रेष्ठ यथा मम पुरी तथा ॥ ५ ॥ यत्किञ्चित्त्रिषु लोकेषु रत्नभूतं प्रपश्यसि ॥ तेन संयुज्यतां क्षिप्रं पुरी द्वारवती त्वया ॥ ६ ॥ कृष्णो

(द्वारकापुरीका विशेष निर्माण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वज्रपुरसे गरुड़वाहनपर चलकर भगवान कृष्ण निकट पहुँचे तो वे आकाशसे ही स्वर्गपुरी सदृश सुन्दर द्वारकापुरीको देखने लगे । निरन्तर होनेवाले आनन्दनादसे उसके आस-पास चारों दिशायें मुखरित होती रहती थीं ॥१॥ उसके किसी-किसी स्थानपर मणिपर्वत, कहीं स्नानयन्त्र, कहीं क्रीड़ागृह, कहीं दिव्य उद्यान, कहीं उत्कृष्ट उपवन, कहीं वलभीसमूह और कहीं-कहीं विचित्र चबूतरे बने हुए थे ॥ २ ॥ भगवानके वहाँ पहुँचनेपर देवराज इन्द्रने विश्वकर्माको बुलाकर कहा—॥ ३ ॥ शिल्पिवर ! यदि मेरा प्रियकार्य करनेकी इच्छा हो तो श्रीकृष्णकी सेवाके लिए तुम द्वारका जाओ और उस पुरीको असंख्य उद्यानोंसे अलंकृत करके हमारी स्वर्गपुरीके सदृश रमणीय बना दो ॥४॥५॥ समस्त त्रिलोकीमें जितने भी उत्कृष्ट रत्न हैं, उन सबका संग्रह करके द्वारकापुरीमें स्थापित कर दो ॥६॥ क्योंकि महाबली कृष्ण हमारे सभी कामोंके लिए सदा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सचेष्ट रहते हैं और समय-समयपर भयानक समरसागरमें अवतीर्ण हो जाते हैं। अतएव तुम शीघ्र वहाँ जाकर मेरे आदेशानुसार सब कार्य सम्पन्न कर दो। देवराजके ऐसा कहनेपर सुरशिल्पी विश्वकर्मा तत्काल वहाँ जा पहुँचे और द्वारकापुरीको अमरावतीपुरीके समान सुशोभित कर दिया। यदुपति श्रीकृष्ण द्वारकापुरीको विश्वकर्माके द्वारा अलंकृत देखकर प्रसन्नतापूर्वक उसमें प्रविष्ट होनेको उद्यत हुए ॥७–९॥ पुरीके चारों ओर गंगा और सिन्धुनदके समान गहरी खाँइयाँ खुदी हुई थीं। उन परिखाओंमें हंस, सारस तथा कमलके पुष्प सदा सुशोभित रहा करते थे। उसके चारों ओर मनोहर वृक्षावली विराजमान थी ॥१०॥११॥ जिस प्रकार मेघमण्डलसे आकाशकी शोभा बढ़ जाती है, उसी प्रकार अरुणवर्णके स्वर्णिम प्राकारोंसे वह नगरी सदा जगमगाती रहती थी ॥१२॥ कुबेरके उद्यान चैत्ररथ तथा इन्द्रके उपवन नन्दन सदृश उद्यानोंसे द्वारकाकी अपार शोभा हो गयी थी। उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानो मेघमण्डल

हि सुरकार्येषु सर्वेषु सततोत्थितः ॥ सङ्ग्रामान्घोररूपांश्च विगाहति महाबलः ॥ तामिन्द्रवचनाद्गत्वा विश्वकर्मा पुरीं ततः ॥ ७ ॥ अलंचक्रे समन्ताद्वै यथेन्द्रस्यामरावती ॥ तां ददर्श दशार्हाणामीश्वरः पक्षिवाहनः ॥ विश्वकर्मकृतैर्दिव्यैरभिप्रायैरलंकृताम् ॥ ८ ॥ तां तदा द्वारकां दृष्ट्वा प्रभुर्नारायणो विभुः ॥ हृष्टः सर्वार्थसम्पन्नः प्रवेष्टुमुपचक्रमे ॥ ९ ॥ सोऽपश्यद्वृक्षषण्डांश्च रम्यान्दृष्टिमनोहरान् ॥ द्वारकां प्रति दाशार्हश्चित्रितान्विश्वकर्मणा ॥ १० ॥ पद्मखण्डाकुलाभिश्च हंससेवितवारिभिः ॥ गङ्गासिन्धुप्रकाशाभिः परिखाभिर्वृतां पुरीम् ॥ ११ ॥ प्राकारेणार्कवर्णेन शातकौम्भेन राजता ॥ चयमूर्ध्नि निविष्टेन द्यां यथैवाभ्रमालया ॥१२॥ काननैर्नन्दनप्रख्यैस्तथा चैत्ररथोपमैः ॥ बभौ चारुपरिक्षिप्ता द्वारका द्यौरिवाम्बुदैः ॥ १३ ॥ बभौ रैवतकः शैलो रम्यसानुगुहाजिरः ॥ पूर्वस्यां दिशि लक्ष्मीवान्मणिकाञ्चनतोरणः ॥ १४ ॥ दक्षिणस्यां लताविष्टः पञ्चवर्णो विराजते ॥ इन्द्रकेतुप्रतीकाशः पश्चिमायां तथा क्षयः ॥१५॥ उत्तरां दिशमत्यर्थं विभूषयति वेणुमान् ॥ मन्दराद्रिप्रतीकाशः पाण्डुरः पार्थिवर्षभ ॥१६॥ चित्रकं पञ्चवर्णं च पाञ्चजन्यं वनं महत् ॥ सर्वर्तुकवनं चैव भाति रैवतकं प्रति ॥ १७ ॥ लतावेष्टितपर्यन्तं मेरुप्रभवनं महत् ॥ भाति भानुवनं चैव पुष्पकं च महद्वनम् ॥ १८ ॥ अक्षकैर्बीजकैश्चैव मन्दारैश्चोपशोभितम् ॥ शतावर्तवनं चैव करवीराकरं तथा ॥ १९ ॥ भाति चैत्ररथं चैव नन्दनं च वनं महत् ॥ रमणं भावनं चैव वेणुमद्वै समन्ततः ॥ २० ॥ वैदूर्यपत्रैर्जलजैस्तदा मन्दाकिनी नदी ॥ भाति पुष्करिणी रम्या पूर्वस्यां दिशि

चारों ओरसे पुरीको घेरे हुए हों ॥ १३ ॥ नगरीकी पूर्वदिशामें मणि तथा कांचन-तोरणमय रमणीय. शिखरों तथा उपत्यकाओंसे विभूषित सुन्दर रैवतक पर्वत विद्यमान था ॥ १४ ॥ दक्षिण दिशामें पञ्चवर्णकी लताओंसे परिवेष्टित चहारदीवारी इन्द्रध्वज जैसी लग रही थी ॥ १५ ॥ उत्तर दिशामें ऊँचे-ऊँचे बाँसोंकी कोठियाँ नित्य उस दिशाको देदीप्यमान करती रहती थीं। उन्हें देखकर ऐसा भान होता था कि मानो मन्दरपर्वतके शिखर सुशोभित हो रहे हैं ॥ १६ ॥ रैवतक पर्वतके ऊपर विचित्र पञ्चवर्ण वन, पाञ्चजन्य दैत्यका विस्तीर्ण उपवन एवं सब ऋतुओंमें उत्पन्न होनेवाले नाना प्रकारके वृक्ष विद्यमान थे ॥ १७ ॥ जिसकी सीमा लतावेष्टनसे विमण्डित थी ऐसा मेरुप्रभ वन, भानुवन, पुष्पकवन, अक्षकवन, बीजकवन, मन्दार वन, करवीर वन, चैत्ररथ वन एवं रमणीय नन्दन वन प्रभृति विविध वनोंकी कोई सीमा ही नहीं थी ॥१८–२०॥ उस पुरीकी पूर्वदिशामें नीलकान्तमणि सदृश नीलसर्णके पत्रों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा कमलोंसे भरी हुई मन्दाकिनी नदी एवं रमणीय पुष्करिणी विद्यमान थी ॥ २१ ॥ रैवतक पर्वतकी कन्दराओंमें विश्वकर्माके आदेशसे भगवान् कृष्णके शुभचिन्तक अनेक सौ देवता तथा गन्धर्व रहा करते थे ॥ २२ ॥ पुण्यतोया महानदी एक साथ पचास धाराओं द्वारा पुरीके भीतर प्रविष्ट होकर चारों ओरसे द्वारका नगरीको अलंकृत कर रही थी ॥ २३ ॥ द्वारकापुरीकी अट्टालिकाओंकी ऊँचाई आश्चर्यजनक थी। उसके चारों ओर अतलस्पर्श परिखा तथा सुधाधवलित उन्नत प्राचीर विद्यमान था ॥ २४ ॥ स्थान-स्थानपर सुतीक्ष्ण यंत्र, शतघ्नी तथा लौहनिर्मित चक्र रक्खे हुए थे। उस नगरीके प्रायः सभी स्थान सुवर्णकी पच्चीकारियोंसे सुशोभित थे ॥ २५ ॥ स्वर्गपुरीके सदृश वहाँ भी जगह-जगह उन्नत पताकाओंसे परिवेष्टित एवं किंकिणीयुक्त आठ हजार रथ सदा तैयार रहते थे ॥ २६ ॥ उस पुरीकी लंबाई बारह योजन और चौड़ाई दस योजन थी। यदि उपनगरीकी भी लंबाई-चौड़ाई सम्मिलित कर लो

भारत ॥ २१ ॥ सानवो भूषितास्तत्र केशवस्य प्रियैषिभिः ॥ बहुभिर्देवगन्धर्वैश्चोदितैर्विश्वकर्मणा ॥ २२ ॥ महानदी द्वारवतीं पञ्चाशद्भिर्महामुखैः ॥ प्रविष्टा पुण्यसलिला भावयन्ती समन्ततः ॥ २३ ॥ अप्रमेयां महोत्सेधामगाधपरिखायुताम् ॥ प्राकारवरसम्पन्नां सुधापाण्डुरलेपनाम् ॥ २४ ॥ तीक्ष्णयन्त्रशतघ्नीभिर्हेमजालैश्च भूपिताम् ॥ आयसैश्च महाचक्रैर्ददर्श द्वारकां पुरीम् ॥ २५ ॥ अष्टौ रथसहस्राणि नगरे किङ्किणीकिनाम् ॥ समुच्छ्रितपताकानि यथा देवपुरे तथा ॥ २६ ॥ अष्टयोजनविस्तीर्णामचलां द्वादशायताम् ॥ द्विगुणोपनिवेशां च ददर्श द्वारकां पुरीम् ॥ २७ ॥ अष्टमार्गमहारथ्यां महाषोडशचत्वराम् ॥ एकमार्गपरिक्षिप्तां साक्षादुशनसा कृताम् ॥ २८ ॥ स्त्रियोऽपि यस्यां युध्येरन्किमु वृष्णिमहारथाः ॥ व्यूहानामुत्तमा मार्गाः सप्त चैव महापथाः ॥ २९ ॥ तत्र वै विहिताः साक्षाद्विविधा विश्वकर्मणा ॥ तस्मिन्पुरवरश्रेष्ठे दाशार्हाणां यशस्विनाम् ॥ ३० ॥ वेश्मानि जहृषे दृष्ट्वा ततो देवकिनन्दनः ॥ काञ्चनैर्मणिसोपानैरुपेतानि नृहर्षणैः ॥ ३१ ॥ भीमघोषमहाघोषैः प्रासादवरचत्वरैः ॥ समुच्छ्रितपताकानि पारिप्लववनानि च ॥ ३२ ॥ काञ्चनाग्राणि भास्वन्ति प्रासादशिखराणि च ॥ गृहाणि रमणीयानि मेरुकूटनिभानि च ॥ ३३ ॥ पाण्डुपाण्डुरशृङ्गैश्च शातकुम्भपरिष्कृतैः ॥ रम्यसानुगृहैः शृङ्गैर्विचित्रैरिव पर्वतैः ॥ ३४ ॥ पञ्चवर्णैः सुवर्णैश्च पुष्पवृष्टिसमप्रभैः ॥ पर्जन्यतुल्यनिर्घो-

जाय तो उसका विस्तार दूना हो जायगा ॥ २७ ॥ चार सड़कें उसकी लम्बानकी ओर और चार ही चौड़ाईकी ओर थीं। कुल मिलाकर सोलह चौराहे उस नगरीमें थे। वे सभी मार्ग आगे चलकर एक मुख्यमार्गमें मिल जाते थे। इन सबकी रचना पुरनिर्माणकार्यमें निपुण स्वयं शुक्राचार्यने करायी थी ॥२८॥ महारथी वृष्णिवंशियोंकी बात तो दूर रही, वहाँकी स्त्रियाँ भी युद्ध करती थीं। उस नगरीमें विश्वकर्मा द्वारा निर्मित सात व्यूहपथ थे ॥ २९ ॥ ३० ॥ भगवान् कृष्ण काञ्चन और मणिमय सोपानयुक्त प्रासादोंको देखकर बहुत प्रसन्न हुए ॥ ३१ ॥ उस नगरीमें सदा हर्षपूर्ण कोलाहलका घोष होता रहता था। ऊँचे-ऊँचे प्रासाद तथा विभिन्न प्रकारके चबूतरे बड़े सुन्दर लगते थे। ऊँची-ऊँची पताकायें फहरा रही थीं ॥ ३२ ॥ उन सभी भवनोंके ऊपरी भाग कांचनमय थे। अतएव उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानो सुमेरु पर्वतके शिखर सुशोभित हो रहे हों ॥ ३३ ॥ स्वर्णखचित एवं अतिशय उज्ज्वल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भवनोंको देखकर ऐसा ज्ञात होता था कि मानो विभिन्न आकृतियोंके पर्वत विराजमान थे ॥ ३४ ॥ उन भवनोंके शिखरप्रदेश पुष्पवृष्टिसदृश पञ्चवर्ण तथा सुवर्णसे अलंकृत थे । उनके भीतर मेघगर्जनके समान गम्भीर शब्द होता रहता था ॥ ३५ ॥ उस नगरीकी दीप्ति प्रज्वलित दावानल जैसी थी । जिससे ऐसा मालूम होता था कि मानो उसकी दीप्तिसे सूर्य और चन्द्रमा हतप्रभ हो गये हैं । उस नगरीकी ऊँचाई देखनेसे जान पड़ता था कि मानो आकाशको भेदकर वह ऊपर चली गयी हो ॥३६॥ वनराजिविराजित एवं वासुदेव, इन्द्र तथा गृहरूपी मेघोंसे अलंकृत द्वारकापुरीको देखकर ऐसा लगता था कि मानो मेघविमण्डित आकाशमण्डल सुशोभित हो रहा हो ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ उस पुरीके मध्यमें विश्वकर्मा द्वारा निर्मित भगवानका भवन चार योजन विस्तृत और चार ही योजन लम्बा था ॥३९॥ उस भवनके भीतर ही अनेक क्रीडापर्वत बने हुए थे। उसीके बगलमें कांचनी नामकी एक अति मनोहर अट्टालिका थी। विश्वकर्मा द्वारा रुक्मिणीके लिए उसका निर्माण हुआ था । उसकी उँचाई सुमेरुपर्वत सदृश थी ॥ ४०–४२ ॥ उसके पास ही अतिशय उज्ज्वल और मनोहर सत्यभामाका भवन था ।

षैर्नानारूपैरिवाद्रिभिः ॥ ३५ ॥ दावाग्निज्वलितप्रख्यैर्निर्मितैर्विश्वकर्मणा ॥ आश्लिषद्भिरिवाकाशमतिचन्द्रार्कभास्वरैः ॥ ३६ ॥ तैर्दाशार्हैर्महाभागै-र्बभासे तद्वनद्रुमैः ॥ वासुदेवेन्द्रपर्जन्यैर्गृहमेघैरलंकृता ॥ ३७ ॥ ददृशे द्वारका चारु मेघैर्द्यौरिव संवृता ॥ साक्षाद्भगवतो वेश्म विहितं विश्वकर्मणा ॥३८॥ ददृशे वासुदेवस्य चतुर्योजनमायतम् ॥ तावदेव च विस्तीर्णमप्रमेयं महाधनम् ॥ ३९ ॥ प्रासादवरसंपन्नैर्युक्तं जगति पर्वतैः ॥ यच्चकार महाभागस्त्वष्टा वासवनोदितः ॥ ४० ॥ प्रासादं चैव हेमाभं सर्वभूतमनोहरम् ॥ ४१ ॥ मेरोरिव गिरेः शृङ्गमुच्छ्रितं काञ्चनं महत् ॥ रुक्मिण्याः प्रवरं वासं विहितं विश्वकर्मणा ॥ ४२ ॥ सत्यभामा पुनर्वेश्म यदावसत पाण्डुरम् ॥ विचित्रमणिसोपानं तद्विदुर्भोगवत्त्विति ॥ ४३ ॥ विमलादित्य-वर्णाभिः पताकाभिरलंकृतम् ॥ व्यक्तसञ्जवनोद्देशो यश्चतुर्दिङ्महाध्वजः ॥ ४४ ॥ स च प्रासादमुख्योऽथ जाम्बवत्या विभूषितः ॥ प्रभयाऽभ्य-भवत्सर्वास्तानन्यान् भास्करो यथा ॥ ४५ ॥ उद्यद्भास्करवर्णाभस्तयोरन्तरमाश्रितः ॥ विश्वकर्मकृतो दिव्यः कैलासशिखरोपमः ॥ ४६ ॥ जाम्बूनद इवादीप्तः प्रदीप्तज्वलनो यथा ॥ सागरप्रतिमोत्तिष्ठन्मेरुरित्यभिविश्रुतः ॥ ४७ ॥ तस्मिन्गान्धारराजस्य दुहिता कुलशालिनी ॥ गान्धारी भरत-श्रेष्ठ केशवेन निवेशिता ॥ ४८ ॥ पद्मकूल इति ख्यातं पद्मवर्णं महाप्रभम् ॥ सुभीमाया महाकूटं वासं सुरुचिरप्रभम् ॥ ४९ ॥ सूर्यप्रभस्तु प्रासादः

उसकी सीढ़ियाँ अतिविचित्र तथा मणिमयी थीं । उसकी पताकायें निर्मल तथा सूर्यकिरणों सदृश तेजस्विनी थीं। वह भवन 'भोगवान्' नामसे विख्यात था । जाम्बवतीका महल भी बहुत सुन्दर था और उसके चारों ओर विविध प्रकारकी ध्वजा-पताकायें फहराया करती थीं । सूर्यभगवान्के सदृश अपनी असाधारण दीप्तिसे वह वहाँ सभी भवनोंको तिरस्कृत कर रहा था । ॥ ४३–४५ ॥ उसका भीतरी भाग उदित होते हुए सूर्यके समान देदीप्यमान रहता था और उसकी उँचाई कैलासपर्वत सदृश थी । उसे भी विश्वकर्माने ही बनाया था ॥ ४६ ॥ उन सभी भवनोंके मध्यमें सागर सदृश अति मनोहर सुमेरु नामका भव्य भवन विद्यमान था । सुवर्ण तथा प्रदीप्त अग्निके समान वह सर्वदा प्रकाशमान रहा करता था ॥४७॥ हे महाराज ! गान्धारराजकी कुलवती कन्या गान्धारी उसमें रहती थीं । उन्हें वहाँ स्वयं भगवान कृष्णने विराजित किया था ॥४८॥ उस भवनके पास ही पद्मकूट नामका जो एक पद्मवर्ण गृह था, वह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी बड़ा ही मनोमोहक था और उसमें विविध प्रकारकी उत्कृष्ट सामग्रियाँ प्रस्तुत रहती थीं। उस सुन्दरभवनमें सुभीमा रहती थीं ॥४९॥ उसके पास ही स्वयंप्रभ नामसे विख्यात जो भवन सुसज्जित था, वह भगवान कृष्णके द्वारा देवी लक्ष्मणाके लिए नियत था ॥५०॥ उसके पास ही देवी मित्रविन्दाका भवन था। उसकी प्रभा वैदूर्यमणिके समान हरित वर्णकी थी और सब लोग उस अट्टालिकाको अति उत्कृष्ट कहकर उसकी प्रशंसा किया करते थे। फलतः वह अट्टालिका सब अट्टालिकाओंकी भूषणस्वरूपा थी। यहाँतक कि देवर्षिगण भी उस प्रासादका बखान करते थे ॥५१॥५२॥ पास ही मुख्य प्रासाद था, जिसे विश्वकर्माने बनाया था। पर्वतके समान उत्तुङ्ग वह अतीव रमणीक प्रासाद देवी सुवार्ताका निवासगृह था। उस भव्य भवनका नाम केतुमान् था। समस्त देवलोक उस प्रासादकी प्रशंसा करता था ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ इन सब भवनोंके बीच एक योजन विस्तीर्ण विरजानामका जो भवन था, उसकी दीप्ति बहुत ही चमत्कारपूर्ण थी। स्वयं विश्वकर्माने विविध प्रकारके मणियों द्वारा उसका निर्माण किया था ॥ ५५ ॥ उस घरमें भगवान कृष्ण देवताओं और ब्राह्मणोंकी सेवा करते थे। उस घरकी

सर्वकामगुणैर्युतः ॥ लक्ष्मणाया नृपश्रेष्ठ निर्दिष्टः शार्ङ्गधन्वा ॥५०॥ वैदूर्यमणिवर्णाभः प्रासादो हरितप्रभः ॥ यं विदुः सर्वभूतानि परमित्येव भारत
॥ ५१ ॥ वासं तं मित्रविन्दाया देवर्षिगणपूजितम् ॥ महिष्या वासुदेवस्य भूषणं तेषु वे श्मसु ॥५२॥ तत्र प्रासादमुख्यो वै विहितो विश्वकर्मणा ॥
अतीव रम्यरम्योऽसौ धिष्ठितः पर्वतो यथा ॥ ५३ ॥ सुवार्ताया निवासं तं प्रशस्तं सर्वदैवतैः ॥ महिष्या वासुदेवस्य केतुमानिति विश्रुतः ॥ ५४ ॥
तत्र प्रासादमुख्यो वै यं त्वष्टा विदधे स्वयम् ॥ योजनायतविष्कम्भः सर्वरत्नमयः शुभः ॥५५॥ स श्रीमान्विरजा नाम व्यराजत्तत्र सुप्रभः ॥ उप-
स्थानगृहं यत्र केशवस्य महात्मनः ॥५६॥ तस्मिन्सुविहिताः सर्वे रुक्मदण्डाः पताकिनः ॥ सदने वासुदेवस्य मार्गसञ्जवनध्वजाः ॥५७॥ रत्नजालानि
दिव्यानि तत्रैव च निवेशिताः ॥ आहृत्य यदुसिंहेन वैजयन्तोऽचलो महान् ॥५८॥ हंसकूटस्य यच्छृङ्गमिन्द्रद्युम्नसरः प्रति ॥ षष्टितालसमुत्सेधमर्ध-
योजनमायतम् ॥५९॥ सकिन्नरमहानागं तदप्यमिततेजसा ॥ पश्यतां सर्वभूतानामानीतं लोकविश्रुतम् ॥६०॥ आदित्यपथगं यत्तु मेरोः शिखरमु-
त्तमम् ॥ पुण्डरीकशतैर्जुष्टं विमानैश्च हिरण्मयैः ॥६१॥ जाम्बूनदमयं दिव्यं त्रिषु लोकेषु विश्रुतम् ॥ तदप्युत्पाट्य कृष्णार्थमानीतं विश्वकर्मणा ॥६२॥
भ्राजमानमतीवाग्र्यं सर्वौषधिसमन्वितम् ॥ तदिन्द्रवचनात्त्वष्टा कार्य हेतोः समानयत् ॥६३॥ पारिजातश्च तत्रैव केशवेनाहृतः स्वयम् ॥६४॥ नीय-

सभी पताकाओंमें स्वर्णदण्ड लगे हुए थे। वे सब ध्वजा-पताकायें भगवानके घरका रास्ता बता रही थीं ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ उसमें जितने ध्वज थे, उतनी ही रत्नराशि भी लगी हुई थी। उस घरमें इन्द्रध्वज भी फहरा रहा था। वैजयन्तपर्वतका आहरण करके उसको वह समस्त रत्नराशि भगवानने स्वयं जुटायी थी ॥ ५८ ॥ विश्वकर्माने इन्द्रद्युम्न सरोवरके पाससे साठ ताल ऊँचे और अर्धयोजन विस्तृत हंसकूट पर्वतके सभी शिखरोंको किन्नरोंके साथ उत्पाटित करके यहाँ ला रक्खा था। सुमेरुपर्वतके उतने ऊँचे शिखर, जिन्होंने ऊपरको ओर अपनी ऊँचाईसे सूर्यदेवका मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। जिसपर पुण्डरीक और सैकड़ों स्वर्णमय विमान विराजमान थे ॥ ५९–६१ ॥ जो सुमेरुशिखर सर्वथा स्वर्णमय कहलाकर लोकविख्यात था। जिसपर सभी औषधियाँ उगी हुई थीं। इन्द्रके आदेशानुसार भगवान विश्वकर्मा उन सब शिखरोंको उत्पाटित करके द्वारका ले आये थे ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ स्वयं श्रीकृष्णभगवानने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पारिजातवृक्षकी स्थापना वहाँ ही की थी ॥ ६४ ॥ पारिजात लाते समय जो देवता उसके रक्षाकार्यपर नियुक्त थे; उनके साथ भगवानका घोर युद्ध हुआ था ॥ ६५ ॥ उस पुरीमें विश्वकर्माने कितनी पुष्करिणियाँ और सरोवर खोद डाले थे, उसकी कोई सीमा नहीं थी। उन सभी पुष्करिणियों और सरोवरोंमें रत्नों तथा सुगन्धिसे युक्त विविध कमल खिले हुए थे ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ उनके तटपर शाल, ताल, कदम्ब, बहुशाखाकीर्ण वट और हिमालय तथा सुमेरु पर्वतजनित सभी वृक्ष वहाँ ले आये गये थे ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ वे वृक्ष सभी ऋतुओंमें समानरूपसे फलते थे। ऐसे-ऐसे कई सौ नील, पीत, लोहित और श्वेतादि वर्णयुक्त वृक्ष वहाँ प्रतिरोपित थे ॥ ७० ॥ वहाँकी नदियाँ सुशीतल बालुकाराशि तथा निर्मल जलसे परिपूर्ण थीं। उनका जल कभी तटभूमिके बाहर नहीं निकलता था। उसी प्रकार वहाँके सरोवरोंका जल भी सदा स्वच्छ रहता था ॥७१॥ जलज पुष्प, जलज वृक्ष एवं जलज लताओं द्वारा वहाँके

माने तु तत्रासीद्युद्धमद्भुतकर्मणः ॥ कृष्णस्य येऽभ्यरक्षंत देवाः पादपमुत्तमम् ॥ ६५ ॥ पुण्डरीकशतैर्जुष्टं विमानैश्च हिरण्मयैः ॥ विहिता वासुदेवार्थं रत्नपुष्पफलद्रुमाः ॥६६॥ पद्मखण्डजलोपेता रत्नसौगन्धिकोत्पलाः ॥ मणिहेमप्लवाकीर्णाः पुष्करिण्यः सरांसि च ॥६७॥ तासां परमकूलानि शोभयन्ति महाद्रुमाः ॥ शालास्तालाः कदम्बाश्च शतशाखाश्च रौहिणाः ॥ ६८ ॥ ये च हैमवतो वृक्षा ये च मेरुरुहास्तथा ॥ आहृत्य यदुसिंहार्थं विहिता विश्वकर्मणा ॥ ६९ ॥ रक्तपीतारुणश्यामाः श्वेतपुष्पाश्च पादपाः ॥ सर्वर्तुफलसंपन्नास्तेषु काननसन्धिषु ॥७०॥ समकूलजलोपेताः शान्तशर्करबालुकाः ॥ तस्मिन्पुरवरे नद्यः प्रसन्नसलिला ह्रदाः ॥७१॥ पुष्पाकुलजलोपेता नानाद्रुमलताकुलाः ॥ अपराश्चाभवन्नद्यो हेमशर्करबालुकाः ॥७२॥ मत्तबर्हिणसंगैश्च कोकिलैश्च सदामदैः ॥ बभूवुः परमोपेतास्तस्यां पुर्यां च पादपाः ॥ ७३ ॥ तत्रैव गजयूथानि पुरे गोमहिषास्तथा ॥ निवासश्च कृतस्तत्र वराहमृगपक्षिणाम् ॥ ७४ ॥ पुर्यां तस्यां तु रम्यायां प्राकारो वै हिरण्मयः ॥ व्यक्तः किष्कुंशतोत्सेधो विहितो विश्वकर्मणा ॥७५॥ अतीव रम्यः सोऽथासीद्वेष्टितः पर्वतो यथा ॥ ते च ते च महाशैलाः सरितश्च सरांसि च ॥ परिक्षिप्तानि भौमेन वनान्युपवनानि च ॥ ७६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्वारकाविशेषनिर्माणं नाम शततमोऽध्यायः ॥ १०० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवमालोकयानः स द्वारकां वृषभेक्षणः ॥ अपश्यत्स्वगृहं कृष्णः प्रासादशतशोभितम् ॥ १ ॥ मणिस्तम्भसहस्राणामयुतै-

सभी जलाशय सुशोभित रहते थे। उस पुरीमें कितनी ऐसी नदियाँ थीं, जिनमें हेममयी छर्रियाँ तथा बालुकायें बिछी रहती थीं ॥ ७२ ॥ उस पुरीके वृक्षोंपर कितने ही मत्त मयूर और सदाके मतवाले कोकिल कूकते रहते थे ॥ ७३ ॥ पुरीके पार्श्ववर्ती वनोंमें हाथी, गाय, महिष, वराह और मृग प्रभृति अगणित वनजन्तु तथा पक्षी निवास करते थे ॥ ७४ ॥ उस द्वारकापुरीके सैकड़ों हाथ ऊंचे प्रासाद, प्राकार, पर्वत, नदी, सरोवर, वन और उपवन आदि सभी उपकरण विश्वकर्माके अथक प्रयत्नसे निर्मित हुए थे ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां शततमोऽध्यायः ॥ १०० ॥

(भगवान कृष्णका द्वारकाप्रवेश) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वृषभलोचन कृष्णने इस प्रकार द्वारकापुरीकी शोभा निरखते हुए शतप्रासादपरिशोभित अपने भवनपर दृष्टि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

डाली ॥ १ ॥ उन्होंने देखा कि दस हजार सहस्र मणिमय स्तम्भ विराजित रहनेके कारण उनके भवनमें अन्धकारका लेशमात्र नहीं था । काञ्चनमयी वेदीयुक्त, मणि, विद्रुम और रजत-खचित तोरण (बहिर्द्वार) प्रज्वलित अग्निकी द्युति धारण किये हुए थे । उनके बीचमें भगवानका उन्नत और विस्तृत कांचनमय प्रासाद विराजमान था ॥ २ ॥ ३ ॥ उसके सभी स्तम्भ स्फटिकमय थे । उस भवनमें उनके आदेशानुसार कृत्रिम बावलियाँ बनी हुई थीं । उनका जल सुगन्धित था और रक्त तथा श्वेत कमल खिले थे ॥ ४ ॥ बावलियोंकी सीढ़ियाँ सुवर्ण, मणि तथा रत्नोंकी बनीं थीं । मदमत्त मयूर तथा कोकिल सदा वहाँ विद्यमान रहते थे । उस भवनमें विश्वकर्माका बनाया कृत्रिम पर्वत भी था । उसकी प्राचीरभित्ति पत्थरकी थी और उसकी उँचाई सौ हाथ थी । उसके चारों ओर खाईं थी । भगवानके भवनका विस्तार चौतरफा अर्ध योजन था । उसकी शोभा इन्द्रभवनकी शोभासे किसी प्रकार कम नहीं थी ।

विवृतं शतैः ॥ तोरणैर्ज्वलनप्रख्यैर्मणिविद्रुमराजतैः ॥ २ ॥ तत्र तत्र प्रभावद्भिश्चित्रकाञ्चनवेदिकैः ॥ प्रासादस्तत्र सुमहान्कृष्णोपस्थानिकोऽभवत्
॥ ३ ॥ स्फाटिकस्तम्भविवृतो विस्तीर्णः सर्वकाञ्चनः ॥ पद्माकुलजलोपेता रक्तसौगन्धिकोत्पलाः ॥ ४ ॥ मणिहेमनिभाश्चित्रा रत्नसोपानभू-
षिताः ॥ मत्तबर्हिणजुष्टाश्च कोकिलैश्च सदामदैः ॥ ५ ॥ बभूवुः परमोपेता वाप्यश्च विकचोत्पलाः ॥ विश्वकर्मकृतः शैलः प्राकारस्तस्य वेश्मनः
॥ ६ ॥ व्यक्तकिष्कुशतोत्सेधः परिखापरिवेष्टितः ॥ तद्गृहं वृष्णिसिंहस्य निर्मितं विश्वकर्मणा ॥ ७ ॥ महेन्द्रसदृशं वेश्म समंतादर्धयोजनम् ॥
तत्रस्थं पाण्डुरं शौरिर्मूर्ध्नि तिष्ठन्गरुत्मतः ॥ ८ ॥ प्रीतः शङ्खमुपाध्मासीद्द्विषतां रोमहर्षणम् ॥ तस्य शङ्खस्य शब्देन सागरश्चुक्षुभे भृशम् ॥ ररास
च नभः कृत्स्नं तच्चित्रमभवत्तदा ॥ ९ ॥ पाञ्चजन्यस्य निर्घोषं संश्रुत्य कुकुरान्धकाः ॥ विशोकाः समपद्यन्त गरुडस्य च दर्शनात् ॥ १० ॥ शङ्खचक्र-
गदापाणिं गरुडस्योपरि स्थितम् ॥ दृष्ट्वा जहृषिरे पौरा भास्करोपमतेजसम् ॥ ११ ॥ ततस्तूर्यप्रणादश्च भेरीणां च महास्वनाः ॥ जज्ञिरे सिंहनादाश्च
सर्वेषां पुरवासिनाम् ॥ १२ ॥ ततस्ते सर्वदाशार्हाः सर्वे च कुकुरान्धकाः ॥ प्रीयमाणाः समाजग्मुरालोक्य मधुसूदनम् ॥ १३ ॥ वासुदेवं पुरस्कृत्य
शङ्खतूर्यरवैः सह ॥ उग्रसेनो ययौ राजा वसुदेवनिवेशनम् ॥ १४ ॥ आनन्दिनी पर्यचरत्स्वेषु वेश्मसु देवकी ॥ रोहिणी च यशोदा च आहुकस्य
च याः स्त्रियः ॥ १५ ॥ ततः कृष्णः सुपर्णेन स्वं निवेशनमभ्यगात् ॥ चचार च यथोद्देशमीश्वरानुचरो हरिः ॥ १६ ॥ अवतीर्य गृहद्वारि कृष्णस्तु

तदनन्तर भगवान कृष्ण गरुड़को पीठपर बैठे ही बैठे प्रसन्नतापूर्वक अपना श्वेतवर्ण पांचजन्य शंख बजाया । उस शंखका शब्द सुनकर शत्रुओंके रोंगटे खड़े हो गये । समुद्रमें क्षोभ उत्पन्न हो गया और समस्त आकाशमण्डल प्रतिध्वनित हो उठा ॥ ५–९ ॥ वृष्णि-अन्धक प्रभृति यादव वह शब्द सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने सूर्यसदृश तेजस्वी तथा शंख-चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान कृष्णको गरुड़की पीठपर बैठे देखकर उनकी खुशीका कोई ठिकाना नहीं रहा ॥ १० ॥ ११ ॥ क्षण ही भर बाद चारों ओर तुरही-भेरी आदि बाजे बजने लगे । नगरनिवासीगण आनन्दसे सिंहनाद करने लगे ॥ १२ ॥ तदनन्तर कुकुर, अन्धक तथा वृष्णिगण वसुदेवको आगे करके विविध वाद्य बजाते हुए बड़े आनन्दके साथ उनका स्वागत करने चले । महाराज उग्रसेन भी वसुदेवके घर गये ॥ १३ ॥ १४ ॥ देवकी, रोहिणी एवं आहुककी अन्यान्य पत्नियाँ प्रसन्नतापूर्वक अपने-अपने भवनोंमें विचरने लगीं ॥ १५ ॥ इधर भगवान

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कृष्ण गरुड़की पीठपर बैठे हुए अपने भवनके अहातेमें प्रविष्ट हुए। पक्षिराज गरुड़ भगवानके आदेशानुसार यथास्थान खड़े हो गये ॥१६॥ गरुड़से उतरकर भगवानने उपस्थित यादवोंका अभिनन्दन किया ॥ १७ ॥ तदनन्तर बलराम, आहुक, गद, अक्रूर तथा प्रद्युम्न आदिके द्वारा प्रतिपूजित होकर मणिपर्वत तथा वृक्षश्रेष्ठ पारिजातके साथ अपने भवनमें पधारे। उस पारिजातके प्रभावसे वहाँके सभी लोग अपनेको देवता जानकर बहुत अधिक प्रसन्न हुए। तत्पश्चात् रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न द्वारा वह सशृङ्ग मणिपर्वत तथा इन्द्रको प्रिय वृक्षप्रधान पारिजात अन्तःपुरमें पहुँचाया गया ॥ १८–२० ॥ तदनन्तर यादवों द्वारा प्रशंसित होते हुए भगवान विश्वकर्माके द्वारा निर्मित अपने भव्य भवनमें गये ॥ २१ ॥ तत्पश्चात् उन्होंने वह सशिखर मणिपर्वतपर तथा पारिजातवृक्ष वृष्णियों द्वारा भवनके भीतर पहुँचवाया ॥ २२ ॥ शत्रुविजयी भगवानके उस दिव्य, पूज्य तथा अव्यग्र वृक्षको बहुत ही उत्तम स्थानपर रक्खा

यदुनन्दनः ॥ यथार्हं पूजयामास यादवान्यादवर्षभः ॥ १७ ॥ रामाहुकगदाक्रूरप्रद्युम्नादिभिरर्चितः ॥ प्रविवेश गृहं शौरिरादाय मणिपर्वतम्
॥ १८ ॥ तं च शक्रस्य दयितं पारिजातं महाद्रुमम् ॥ प्रवेशयामास गृहं प्रद्युम्नो रुक्मिणीसुतः ॥ १९ ॥ तेऽन्योन्यं ददृशुर्वीरा देहबन्धानमानु-
षान् ॥ पारिजातप्रभावेण ततो मुमुदिरे जनाः ॥ २० ॥ तैः स्तूयमानो गोविन्दः प्रहृष्टैर्यादवर्षभैः ॥ प्रविवेश गृहं श्रीमान्विहितं विश्वकर्मणा
॥ २१ ॥ ततोऽन्तःपुरमध्ये तं सशृङ्गमणिपर्वतम् ॥ न्यवेशयदमेयात्मा वृष्णिभिः सहितोऽच्युतः ॥ २२ ॥ तं च दिव्यं द्रुमश्रेष्ठं पारिजातममित्र-
जित् ॥ अर्च्यमर्चितमव्यग्रमिष्टे देशे न्यवेशयत् ॥ २३ ॥ अनुज्ञाप्य ततो ज्ञातीन्केशवः परवीरहा ॥ ताः स्त्रियः पूजयामास संहृता नरकेण याः
॥ २४ ॥ वस्त्रैराभरणैर्दिव्यैर्दासीभिर्धनसञ्चयैः ॥ हारैश्चन्द्रांशुसंकाशैर्मणिभिश्च महाप्रभैः ॥ २५ ॥ पूर्वमभ्यर्चिताश्चैव वसुदेवेन ताः स्त्रियः ॥
देवक्या सह रोहिण्या रेवत्या चाहुकेन च ॥ २६ ॥ सत्यभामोत्तमा स्त्रीणां सौभाग्येनाभवत्तदा ॥ कुटुम्बस्येश्वरी त्वासीद्रुक्मिणी भीष्मकात्मजा
॥ २७ ॥ तासां यथार्हहर्म्याणि प्रासादशिखराणि च ॥ आदिदेव गृहान्कृष्णः पारिबर्हांश्च पुष्कलान् ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु
हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्वारकाप्रवेशनं नामैकोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०१ ॥

॥ २३ ॥ तदन्तर भगवान कृष्णने अपने जातिबन्धुओंको वहाँसे विदा करते समय स्वयं नरकासुर द्वारा अपहृत वस्त्र, आभूषण, दासी, धन, चन्द्रोपम चन्द्राहार एवं उत्कृष्ट मणि आदि उपकरण प्रदान किया और उनके निवासार्थ उत्तम स्थानोंकी व्यवस्था कर दी ॥ २४ ॥ २५ ॥ इसके पहले ही वसुदेव, आहुक, देवकी, रोहिणी तथा रेवती आदिने भी उनका अभिनन्दन किया था ॥ २६ ॥ हे महाराज! इधर पारिजातकी प्राप्तिसे सत्यभामा सब स्त्रियोंमें सौभाग्यवती गिनी जाने लगीं और महारानी रुक्मिणी समस्त कुटुम्बकी अधीश्वरी बनीं ॥ २७ ॥ उनको भगवान कृष्णने यथोचित हर्म्य, प्रासाद तथा नाना प्रकारके पुष्कल उपहार प्रदान किये ॥ २८ ॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्णका सभाप्रवेश) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर भगवान कृष्णने विनतातनय गरुड़का भ्राताके समान सम्मान करके उन्हें अपने घर जानेकी अनुमति दी ॥ १ ॥ उनकी आज्ञा पाकर गरुड़ने प्रणाम किया और आकाशमें जाकर अभीष्ट दिशाको उड़ गये ॥ २ ॥ उनके पंखकी वायुसे समुद्र क्षुब्ध हो उठा। वहाँसे चलकर वे पहले पूर्वी समुद्रको गये ॥ ३ ॥ 'अवसर आनेपर पुनः सेवामें उपस्थित रहूँगा।' ऐसा कहकर वैनतेयके चले जानेपर भगवान कृष्ण अपने वृद्ध पिता वसुदेव, राजा उग्रसेन, बलराम, सात्यकि, गुरु सान्दीपनि, विप्रवर गार्ग्य एवं अन्यान्य वृष्णि, अन्धक तथा भोजवंशी यादववृद्धोंसे मिले और उन्हें युद्धमें उपार्जित रत्नराशि अर्पण करके सत्कृत किया ॥४–६॥ देवद्वेषी दानवोंका नाश हो जानेपर अन्धक तथा वृष्णिवंशी यादव निरापद हो गये। समस्त द्वारकापुरीमें यह घोषणा हो गयी कि 'रणविजयी होकर भगवान मधुसूदन सकुशल द्वारका लौट आये' ॥ ७ ॥ भली

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः संपूज्य गरुडं वासुदेवोऽनुमान्य च ॥ सखिवचोपगृह्यैनमनुजज्ञे गृहं प्रति ॥ १ ॥ सोऽनुज्ञातो हि सत्कृत्य प्रणम्य च जनार्दनम् ॥ ऊर्ध्वमाचक्रमे पक्षी यथेष्टं गगनेचरः ॥ २ ॥ स पक्षवातसंक्षुब्धं समुद्रं मकरालयम् ॥ कृत्वा वेगेन महता ययौ पूर्वमहोदधिम् ॥ ३ ॥ कृत्यकाले उपस्थास्य इत्युक्त्वा गरुडे गते ॥ कृष्णो ददर्श पितरं वृद्धमानकदुन्दुभिम् ॥ ४ ॥ उग्रसेनं च राजानं बलदेवं च सात्यकिम् ॥ काश्यं सान्दीपनिं चैव ब्राह्मणाग्र्यं तथैव च ॥ ५ ॥ अन्यांश्च वृद्धान्वृष्णीनां तांश्च भोजान्धकांस्तथा ॥ रत्नप्रवेकैर्दाशार्हान्वीर्यलब्धैस्तथाऽर्चयत् ॥ ६ ॥ हता ब्रह्मद्विषः सर्वे जयन्त्यन्धकवृष्णयः ॥ रणात्प्रतिनिवृत्तोऽयमक्षतो मधुसूदनः ॥ ७ ॥ इति चत्वररथ्यासु द्वारवत्यां सुपूजितः ॥ चाक्रिको घोषयामास पुरुषो मृष्टकुण्डलः ॥ ८ ॥ ततः सान्दीपनिं पूर्वमभिगम्य जनार्दनः ॥ ववन्दे वृष्णिनृपतिमाहुकं विनयान्वितः ॥ ९ ॥ तथा हि परिपूर्णाक्षमानन्दागतचेतसम् ॥ ववन्दे सह रामेण पितरं वासवानुजः ॥१०॥ उपगम्य तथा शेषान्सत्कृत्य च यथार्हतः ॥ सर्वेषां नाम जग्राह दाशार्हाणामधोक्षजः ॥११॥ ततः सर्वाणि दिव्यानि सर्वरत्नमयानि च ॥ आसनाग्र्याणि विविशुरुपेन्द्रप्रमुखास्तदा ॥१२॥ ततस्तद्नमक्षय्यं किंकरैर्यत्समाहृतम् ॥ तत्सभामानयामासुः पुरुषाः कृष्णशासनात् ॥ १३ ॥ ततः संमानयामास दाशार्हांश्च यदूत्तमः ॥ सर्वान्दुन्दुभिशब्देन पूजयिष्यञ्जनार्दनः ॥१४॥ तामासनवतीं रम्यां मणिविद्रुमतोरणाम् ॥ सभां सर्वदशार्हास्ते विविशुः कृष्णशासनात् ॥१५॥ ततः पुरुषसिंहैर्या

भाँति सत्कृत और स्वच्छ कुण्डलधारी चाक्रिय (डुग्गो पीटनेवाले) ने प्रत्येक चौराहों और राजमार्गोंपर जाकर इस बातकी घोषणा कर दी ॥ ८ ॥ तदनन्तर श्रीकृष्णने सर्वप्रथम गुरु सान्दीपनिकी चरणवन्दना की। तत्पश्चात् बलरामके साथ एकत्र वृष्णिपति आहुक तथा नेत्रोंमें आनन्दाश्रु भरके खड़े पिता वसुदेवको विनीतभावसे प्रणाम किया ॥९॥१०॥ उसके बाद अन्यान्य यादवोंके पास जा तथा सबके नामोंका उल्लेख करते हुए अभिवादन किया ॥ ११ ॥ तदनन्तर वसुदेव आदि सब यादव सभाभवनमें गये। जब सब लोग रत्नमय तथा उच्च आसनों पर बैठ गये, तब भगवानके आदेशसे वहाँ युद्धमें प्राप्त सारी धनराशि लाकर रक्खी गयी ॥ १२ ॥ १३ ॥ इधर यादवोंके लिए सम्मानसूचक दुन्दुभी बजने लगीं। इसी समय वे सब यादव भगवान वासुदेवके आदेशानुसार उन मणितोरण-शोभित सभामें अपने-अपने स्थानपर बैठ गये ॥ १४ ॥ १५ ॥ सब लोगोंके बैठ जानेपर वह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वगुणसम्पन्न सभा सिंहाधिष्ठित गिरिकन्दराके सदृश शोभित होने लगी ॥ १६ ॥ श्रीकृष्ण और बलराम एक कांचनमय आसनपर आसीन हुए और उनके सम्मुख उग्रसेन आदि भोज तथा वृष्णिवंशी यादव बैठे ॥१७॥ इस प्रकार जब सब लोग स्नेह तथा अवस्थाके अनुसार अपने-अपने आसनपर आसीन हो गये, तब पुरुषोत्तम श्रीकृष्णभगवानने उन्हें सम्बोधित करके कहा--॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणो' भाषाटीकायां द्व्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०२ ॥

(देवर्षि नारदकी उक्ति) श्रीकृष्णभगवान बोले--हे पवित्रकीर्ति महात्मागण ! मैंने आप लोगोंके तपोबलसे पापात्मा नरकासुरका वध तथा मणिपर्वतपर स्थित नारियोंका उद्धार करके उन्हें बन्धनमुक्त किया और मणिपर्वतके शिखरतक उत्पाटित करके यहाँ लानेमें समर्थ हुआ हूँ ॥ १ ॥ २ ॥ हमारे किङ्करगण यह धनराशि यहाँ लाये हैं । इस समय आप ही

यदुभिः सर्वतो वृता ॥ सर्वार्थगुणसंपन्ना सा सभा भरतर्षभ ॥ शुशुभेऽभ्यधिकं शुभ्रा सिंहैर्गिरिगुहा यथा ॥ १६ ॥ रामेण सह गोविन्दः काञ्चनं महदासनम् ॥ उग्रसेनं पुरस्कृत्य भोजवृष्णिपुरस्कृतः ॥ १७ ॥ ततोऽविशांस्तान्वीरान् यथाप्रीति यथावयः ॥ समाभाष्य यदुश्रेष्ठमुवाच पुरुषोत्तमः ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि सभाप्रवेशनं नाम द्व्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०२ ॥

श्रीकृष्ण उवाच ॥ भवतां पुण्यकीर्तीनां तपोबलसमाधिभिः ॥ अपध्यानाच्च पापात्मा भौमः स नरको हतः ॥ १ ॥ मोक्षितं बन्धनाद्गुप्तं कन्यान्तःपुरमुत्तमम् ॥ मणिपर्वतमुत्पाट्य शिखरं चैतदाहृतम् ॥ २ ॥ अयं धनौघः सुमहान्किङ्करैराहृतो मम ॥ ईशा भवन्तो द्रव्यस्य तानुक्त्वा विरराम ह ॥ ३ ॥ तच्छ्रुत्वा वासुदेवस्य भोजवृष्ण्यन्धका वचः ॥ जहृषुर्हृष्टरोमाणः पूजयन्तो जनार्दनम् ॥ ४ ॥ ऊचुश्चैनं नृवीरास्ते कृताञ्जलि-पुटास्ततः ॥ नैतच्चित्रं महाबाहो त्वयि देवकिनन्दने ॥ ५ ॥ यत्कृतं दुष्करं कर्म देवैरपि दुरासदम् ॥ लालयः स्वजनान्भोगै रत्नैश्च स्वयमर्जितैः ॥ ६ ॥ ततः सर्वदशार्हाणामाहुकस्य च याः स्त्रियः ॥ प्रीयमाणाः समाजग्मुर्वासुदेवदिदृक्षया ॥ ७ ॥ देवकीसप्तमा देव्यो रोहिणी च शुभानना ॥ ददृशुः कृष्णमासीनं रामं चैव महाभुजम् ॥ ८ ॥ तौ तु पूर्वमतिक्रम्य रोहिणीमभिवाद्य च ॥ अभिवादयतां देवीं देवकीं रामकेशवौ ॥ ९ ॥ सा ताभ्यामृषभाक्षाभ्यां पुत्राभ्यां शुशुभेऽम्बिका ॥ अदितिर्देवमातेव मित्रेण वरुणेन च ॥ १० ॥ ततः प्राप्तौ नराग्र्यौ तु तस्याः सा दुहिता तदा ॥

लोग इस धनराशिके प्रभु हैं । अब जैसा उचित समझिए, इसका उपभोग करिए ॥ ३ ॥ भगवानके वचन सुनकर भोज-वृष्णि तथा अन्धकवंशी यादव पुलकित हो उठे । मारे हर्षके उन्हें रोमाञ्च हो आया । भगवानको अगणित धन्यवाद देते हुए हाथ जोड़कर वे लोग कहने लगे--हे महाबाहो ! जब आप देवदुष्कर कार्य करके हमको विपुल रत्न तथा भोगमयी सम्पदायें देते हुए हमारा पालन कर रहे हैं तो ऐसा कहना आपके लिए कोई विचित्र बात नहीं है ॥ ४-६ ॥ तदनन्तर यादवों तथा आहुककी पत्नियाँ भगवान वासुदेवका दर्शन करनेके लिए आयीं ॥ ७ ॥ देवकी प्रभृति सात तथा शुभानना देवी रोहिणीने वहाँ पहुँचकर देखा कि भगवान कृष्ण और महाभुज बलराम विराजमान हैं ॥८॥ उन्हें देखते ही बलराम तथा कृष्ण उठ खड़े हुए और आगे बढ़कर उन्होंने पहले रोहिणी और बादमें देवकीकी चरणवन्दना की ॥ ९ ॥ उस समय जब देवकी कृष्ण तथा बलरामसे मिलीं तो ऐसा ज्ञात हुआ कि मानो मित्रावरुणके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ देवमाता अदिति शोभित हो रही हैं ॥ १० ॥ उसी समय जिन्हें संसारमें लोग एकानंशा कहते हैं। जिन्होंने भगवान कृष्णके साथ एक ही मुहूर्तमें जन्म लिया था। जिनके लिए भगवानने सपरिवार कंसका वध किया था। जो अबतक वृष्णियोंके घर बड़े आदरके साथ पुत्रवत् प्रतिपालित हो रही थीं। जिन्होंने कन्याका रूप धारण करके श्रीकृष्णकी रक्षा की थी। वे ही यशोदाकन्या एकानंशा (योगमाया) बलराम तथा कृष्णके सम्मुख आ उपस्थित हुई ॥११-१५॥ उनके समक्ष पहुँचते ही श्रीकृष्णने प्रिय सखीके समान उनका दाहिना हाथ और बलरामने बाँया हाथ पकड़कर मस्तकाघ्राण किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ वहाँ आयी हुई यादवोंकी वृद्धा स्त्रियोंने उन्हें पद्मालया लक्ष्मीके रूपमें देखा और उनके मस्तकपर मंगलाक्षत, धानका लावा और पुष्प आदि चढ़ाकर अपने घर लौट गयीं ॥ १८ ॥ १९ ॥ उस समय वहाँ गये हुए यादव भगवानके अद्भुत कार्यकलापकी प्रशंसा करते हुए अपने-अपने स्थानपर बैठ गये

एकानंशेति यामाहुर्नरा वै कामरूपिणीम् ॥ ११ ॥ तथा क्षणमुहूर्ताभ्यां यया जज्ञे सुरेश्वरः ॥ यत्कृते सगणं कंसं जघान पुरुषोत्तमः ॥ १२ ॥ सा कन्या ववृधे तत्र वृष्णिसद्मनि पूजिता ॥ पुत्रवत्पाल्यमाना वै वासुदेवाज्ञया तदा ॥ १३ ॥ एकानंशेति यामाहुरुत्पन्नां मानवा भुवि ॥ योगकन्यां दुराधर्षां रक्षार्थं केशवस्य ह ॥ १४ ॥ यां वै सर्वे सुमनसः पूजयन्ति स्म यादवाः ॥ देववद्दिव्यपुरुषः कृष्णः संरक्षितो यया ॥ १५ ॥ तां च तत्रोपसंगम्य प्रियामिव सखीं स्वसाम् ॥ दक्षिणेन कराग्रेण परिजग्राह माधवः ॥ १६ ॥ तथैव रामोऽतिबलः संपरिष्वज्य भामिनीम् ॥ मूर्ध्न्युपाघ्राय सव्येन प्रतिजग्राह पाणिना ॥ १७ ॥ ददृशुस्ताः स्त्रियो मध्ये भगिनीं रामकृष्णयोः ॥ रुक्मपद्मव्यग्रकरां स्त्रियं पद्मालयामिव ॥ १८ ॥ तथाक्षतमहावृष्ट्या पुष्पैश्च विविधैः शुभैः ॥ अवकीर्य च लाजैस्ताः स्त्रियो जग्मुर्यथालयम् ॥ १९ ॥ ततस्ते यादवाः सर्वे पूजयन्तो जनार्दनम् ॥ उपोपविविशुः प्रीताः प्रशंसन्तोऽद्भुतं कृतम् ॥ २० ॥ पूज्यमानो महाबाहुः पौराणां रतिवर्द्धनः ॥ विरराज महाकीर्तिर्देवैरिव स तैः सह ॥२१॥ समासीनेषु सर्वेषु यादवेषु जनार्दनम् ॥ नियोगात्त्रिदशेन्द्रस्य नारदोऽभ्यागमत्सभाम् ॥ २२ ॥ सोऽथ संपूजितः पूज्यः शूरैस्तैर्यदुपुङ्गवैः ॥ करं संस्पृश्य स हरेर्विवेश परमासने ॥ २३ ॥ सुखोपविष्टास्तान्वृष्णीनुपविष्टानुवाच ह ॥ संप्राप्तं शक्रवचनाज्जानीध्वं मां नरर्षभाः ॥ २४ ॥ शृणुध्वं राजशार्दूलाः कृष्णस्यास्य पराक्रमम् ॥ यानि कर्माणि कृतवान्बाल्यात्प्रभृति केशवः ॥ २५ ॥ उग्रसेनसुतः कंसः सर्वान्निर्मथ्य यादवान् ॥ राज्यं

॥ २० ॥ महाबाहु, महायशस्वी और नागरिकोंके आनन्दवर्धन भगवान कृष्ण भी उन देवसदृश यादवोंके साथ आनन्दपूर्वक विराजमान हो गये ॥२१॥ हे महाराज ! इस प्रकार जब वे यादव बैठकर विविध प्रकारके कथोपकथनमें तन्मय थे, उसी समय देवराज इन्द्रकी प्रेरणासे देवर्षि नारद वहाँ आ उपस्थित हुए ॥ २२ ॥ उनके पहुँचते ही सब यादव उठ खड़े हुए और उनकी विधिवत् पूजा की। नारदजी भी भगवानके करकमलका स्पर्श करके उत्तम आसनपर विराजमान हो गये ॥ २३ ॥ बैठनेके बाद देवर्षिने उपस्थित यादवोंको सम्बोधित करके कहा—हे वीरगण ! इस समय मैं देवराज इन्द्रके आदेशसे आप लोगोंके पास आया हूँ ॥ २४ ॥ इस समय मैं आप लोगोंको यह बताऊँगा कि बाल्यकालसे लेकर अबतक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवान् कृष्णने कौन-कौनसे कार्य किये हैं ॥२५॥ जब कुलाङ्गार और दुर्मति कंसने अपने ससुर जरासन्धकी सलाहसे यादवोंको अपमानित करते हुए अपने पिता उग्रसेनको बन्दी बनाकर मथुराराज्यपर अधिकार कर लिया ॥ २६ ॥ २७ ॥ उस समय परम प्रतापशाली वसुदेवने सजातीयोंका हित तथा उग्रसेनको बचानेके लिए बड़े कौशलसे अपने पुत्रकी रक्षा की ॥ २८॥ वसुदेवपुत्र मधुसूदन भगवानने गोपोंके साथ मथुराके उपवनोंमें रहते हुए जिन-जिन कार्योंका सम्पादन किया था, उन्हें क्रमशः बतला रहा हूँ, सुनिए—॥ २९ ॥ ये एक दिन नन्द-भवनमें शकटके नीचे सोये हुए थे। उसी समय वहाँ आयी हुई पक्षी वेशधारिणी एक भयानक राक्षसी पूतनाको इन्होंने मार डाला ॥ ३० ॥ वह पूतना नामकी राक्षसी इन्हें अपना विषैला स्तन पिलाने आयी, किन्तु अन्तमें वनचर ग्वालोंने इनके द्वारा उसीको मरी पाया ॥३१॥ उस समय सभी लोगोंने इनका पुनर्जन्म माना। सबसे अद्भुत घटना तो यह घटी थी कि

जग्राह दुर्बुद्धिर्बद्ध्वा पितरमाहुकम् ॥ २६ ॥ समाश्रित्य जरासन्धं श्वशुरं कुलपांसनः ॥ भोजवृष्ण्यन्धकान्सर्वानवमन्यत दुर्मतिः ॥ २७ ॥ ज्ञाति-कार्यं चिकीर्षुस्तु वसुदेवः प्रतापवान् ॥ उग्रसेनस्य रक्षार्थं स्वपुत्रं पर्यरक्षत ॥ २८ ॥ स गोपैः सह धर्मात्मा मथुरोपवने स्थितः ॥ अत्यद्भुतानि कर्माणि कृतवान्मधुसूदनः ॥ २९ ॥ प्रत्यक्षं शूरसेनानां श्रूयते महदद्भुतम् ॥ उत्तानेन शयानेन शकटान्तरचारिणा ॥ ३० ॥ राक्षसी निहता रौद्रा शकुनीवेषधारिणी ॥ पूतना नाम घोरा सा महाकाया महाबला ॥ ३१ ॥ विषदिग्धं स्तनं रौद्रं प्रयच्छन्ती जनार्दने ॥ ददृशुर्निहतां तां ते राक्षसीं वनगोचराः ॥ ३२ ॥ पुनर्जातोऽयमित्याहुरुक्तस्तस्मादधोक्षजः ॥ अत्यद्भुतमिदं चासीद्यच्छिशुः पुरुषोत्तमः ॥ ३३ ॥ पादाङ्गुष्ठेन शकटं क्रीडमानो व्यलोडयत् ॥ दाम्ना चोलूखले बद्धो विप्रकुर्वन्कुमारकम् ॥ ३४ ॥ बभञ्जार्जुनवृक्षौ द्वौ ख्यातो दामोदरस्तदा ॥ कालियश्च महानागो दुराधर्षो महाबलः ॥ ३५ ॥ क्रीडता वासुदेवेन निर्जितो यमुनाह्रदे ॥ अक्रूरस्य समक्षं च यन्नागभवने विभुः ॥ ३६ ॥ पूज्यमानं तदा नागैर्दिव्यं वपुर-धारयत् ॥ शीतवातार्दिता गाश्च दृष्ट्वा कृष्णेन धीमता ॥ ३७ ॥ धृतो गोवर्धनः शैलः सप्तरात्रं महात्मना ॥ शिशुना वासुदेवेन गवां त्राणार्थमि-च्छताम् ॥ ३८ ॥ तथोक्षदुष्टोऽतिबलो महाकायो नरान्तकृत् ॥ गोपतिर्वासुदेवेन हतोऽरिष्टो महासुरः ॥ ३९ ॥ धेनुकः स महाकायो दानवः

शैशवावस्थामें लेटे-लेटे ही इन्होंने अपने पैरके अंगूठेसे एक बड़े भारी शकटको उलट दिया। एक दिन बालकोंके साथ कलह हो जानेके कारण माता यशोदाने इन्हें रस्सीसे ओखलीमें बाँध दिया तो ओखलीके साथ रेंगते-रेंगते जाकर दो अर्जुनवृक्षोंको गिरा दिया। इसीसे इनका 'दामोदर' नाम पड़ गया। यमुनाह्रदमें कालिय नामका एक महाबली और पराक्रमी नाग रहता था ॥३२–३५॥ अन्य किसीमें इतनी शक्ति नहीं थी कि उसे परास्त कर सके। सो उसको इन्होंने खेल-खेलमें पराजित कर दिया। जब कि ये कंसके यहाँ जा रहे थे, उस समय नागलोकमें जाकर इन्होंने जो दिव्य रूप धारण किया था, सो अक्रूरके उद्योगसे इन्होंने उनके समक्ष भी वही रूप दिखलाया था। इन्द्रकोपके अवसरपर भीषण जलवर्षासे जब व्रजकी गौवें शीत-वातसे बहुत अधिक दुःखित हो गयीं, तब शिशुरूपधारी भगवान कृष्णने सात दिनों तक गोवर्धनपर्वतको धारण करके उनकी रक्षा की ॥३६–३८॥ अतिशय बलवान्,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विशालकाय, मानवघाती एवं वृषभरूपधारी अरिष्टासुरको इन्होंने ही मारा ॥ ३९ ॥ गौओंकी रक्षाके लिए महाकाय एवं महाबली धेनुकासुर भी इन्हींके द्वारा मारा गया ॥४०॥ दैत्यवर सुनामा बहुतेरा सैन्य-सामन्त लेकर इन्हें पकड़ने आया था, तो इन्होंने भेड़ियोंके द्वारा उसे भगा दिया ॥४१॥ जिस समय बलराम और कृष्ण गोपवेश धारण करके वनोंमें विचरते थे, तभी कंस इनसे बहुत भयभीत हो गया था ॥४२॥ तब उसने दंष्ट्रायुध तथा अश्वरूपधारी एक भीषण असुर इनके पास भेजा, किन्तु इन्होंने ही उसे यमपुर भेज दिया ॥ ४३ ॥ कंसका मन्त्री प्रलम्बासुर बड़ा विशालकाय और बड़ा ही बलवान् था, किन्तु महात्मा बलदेवके एक ही मुष्टिप्रहारसे वह मर गया ॥ ४४ ॥ वसुदेवके ये दोनों पुत्र देवकुमारोंके सदृश सुन्दर हैं। जन्मसे लेकर इनके समस्त संस्कार विप्रवर महर्षि गार्ग्यके द्वारा सम्पन्न हुए हैं ॥४५॥४६॥ जब इन दोनोंने यौवनकी सीमापर पदार्पण किया, तब हिमालय पर्वतपर उत्पन्न दो मत्त सिंहशा-

सुमहाबलः ॥ निहतो वासुदेवेन गवां त्राणाय दुर्मतिः ॥ ४० ॥ सुनामानममित्रघ्नः सर्वसैन्यपुरस्कृतम् ॥ वृकैर्विद्रावयामास ग्रहीतुं समुपस्थितम् ॥ ४१ ॥ रौहिणेयेन साम्य वनं विचरता पुनः ॥ गोपवेषधरेणैव कंसस्य भयमाहितम् ॥ ४२ ॥ तथा व्रजगतः शौरिर्दंष्ट्रा युद्धबलं हयम् ॥ प्रग्रहं भोजराजस्य जघान पुरुषोत्तमः ॥ ४३ ॥ प्रलम्बश्च महाबाहो रौहिणेयेन धीमता ॥ दानवो मुष्टिनैकेन कंसामात्यो निपातितः ॥ ४४ ॥ एतौ हि वसुदेवस्य पुत्रौ सुरसुतोपमौ ॥ वधूधाते महावीर्यौ ब्रह्मगार्ग्येण संस्कृतौ ॥ ४५ ॥ जन्मप्रभृति चाप्येतौ गार्ग्येण परमर्षिणा ॥ याथातथ्येन विज्ञाप्य संस्कारं प्रतिपादितौ ॥ ४६ ॥ यदा त्विमौ नरश्रेष्ठौ स्थितौ यौवनसंमुखे ॥ सिंहशावाविवोदीर्णौ मत्तौ हैमवतौ यथा ॥ ४७ ॥ ततो मनांसि गोपीनां हरमाणौ महाबलौ ॥ आस्तां गोष्ठवरौ वीरौ देवपुत्रोपमद्युती ॥ ४८ ॥ एतौ जये वा युद्धे वा क्रीडासु विविधासु च ॥ नन्दगोपस्य गोपाला न शेकुः प्रसमीक्षितुम् ॥ ४९ ॥ व्यूढोरस्कौ महाबाहू शालस्कन्धाविवोद्गतौ ॥ श्रुत्वाऽसौ व्यथितः कंसो मन्त्रिभिः सहितोऽभवत् ॥ ५० ॥ नाश-कच्च यदा कंसो ग्रहीतुं बलकेशवौ ॥ निजग्राह ततः क्रोधाद्वसुदेवं सबान्धवम् ॥ ५१ ॥ सहोग्रसेनेन तदा चोरवद्गाढबन्धनम् ॥ कालं महान्त-मसहत्कृच्छ्रमानकदुन्दुभिः ॥ ५२ ॥ कंसस्तु पितरं बद्ध्वा शूरसेनाञ्शशास ह ॥ जरासन्धं समाश्रित्य तथैवाहृतिभीष्मकौ ॥ ५३ ॥ कस्यचित्त्वथ

वकोंके समान शोभित हुए ॥ ४७ ॥ जब व्रजके अन्यान्य गोपबालकोंके साथ ये वनमें गायें चराने गये तो उस समय युद्ध, वेग और खेलकूद किसी कार्यमें और कोई भी गोपबालक इनके समकक्ष नहीं ठहरा। तदनन्तर देवपुत्रोंके सदृश सुन्दर ये दोनों भ्राता व्रजकी गोपियोंका मन हरते हुए गौओंकी रक्षाका कार्य करने लगे ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ इन दोनोंको विशाल वक्षःस्थल, आजानुलम्बित बाहु और सालवृक्षके समान उन्नत सुनकर मन्त्रियों समेत कंसके भयकी कोई सीमा नहीं रही। जब कंस किसी भी उपायसे इन दोनों भ्राताओंको नहीं पकड़ सका तो क्रोधवश उसने बान्धवों समेत वसुदेव तथा पिता उग्रसेनको चोरके समान पकड़कर कारागारमें डाल दिया। इन महात्मा वसुदेवने बहुत बहुत समय कारागारकी भीषण यन्त्रणा सही है ॥ ५०–५२ ॥ इस प्रकार अपने पिताको बन्दी बनाकर पापात्मा कंस जरासंध, आहुति तथा भीष्मकके बुद्धिबलकी सहायतासे मथुरा राज्यपर शासन करने लगा ॥ ५३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ समय बाद कंसने देवादिदेव शंकर भगवानकी पूजाके उपलक्ष्यमें एक महान् उत्सव आरम्भ किया ॥५४॥ उस उत्सवमें विविध दिशाओं और देशोंसे अनेकानेक पहलवान मथुरामें एकत्र हुए। गायनकार्यमें निपुण गायकों और नर्तकोंसे सारी मथुरा भर गयी ॥ ५५ ॥ तदनन्तर महातेजस्वी कंसने निपुण कारीगरोंके द्वारा एक उत्तम रंगशाला तैयार करायी। उस रंगशालामें हजारों मञ्च बने। जब असंख्य पुरवासी और जनपदवासी आ-आकर उन मंचोंपर बैठे तो ऐसा लगा कि मानो गगनमण्डल नक्षत्रोंसे भर गया है ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ तदनन्तर कोई पुण्यात्मा व्यक्ति जैसे विमानपर आरूढ़ हो, उसी प्रकार भोजराज कंस-महासमृद्धिसम्पन्न उस रंगशालाके एक विशाल मंचपर आरूढ़ हुआ ॥ ५८ ॥ उस रंगभूमिके द्वारपर कुवलयापीड नामका मत्त मातंग नियुक्त था। बहुतेरे वीर भाँति-भाँतिके शस्त्रास्त्र ले-लेकर उसकी पीठपर बैठे हुए थे ॥ ५९ ॥ तदनन्तर जब सूर्य-चन्द्रमा सदृश तेजस्वी श्रीकृष्ण और बलराम

कालस्य मथुरायां महोत्सवम् ॥ पिनाकिनं समुद्दिश्य चक्रे कंसो नराधिप: ॥ ५४ ॥ तत्र मल्ला: समाजग्मुर्नानादेश्या विशाम्पते ॥ नर्तना गायनाश्चैव कुशला नृत्यकर्मसु ॥ ५५ ॥ तत: कंसो महातेजा रङ्गवाटं महाधनम् ॥ कुशलै: कारयामास शिल्पिभि: साधुनिष्ठितै: ॥ ५६ ॥ तत्र मञ्चसहस्राणि पौरजानपदैर्जनै: ॥ समाकीर्णानि दृश्यन्ते ज्योतींषि गगने यथा ॥ ५७ ॥ भोजराज: श्रिया जुष्टं रङ्गवाटं महर्द्धिमत् ॥ आरुरोह तत: कंसो विमानं सुकृती यथा ॥ ५८ ॥ रङ्गवाटे गजं मत्तं प्रभूतायुधकल्पितम् ॥ शूरैरधिष्ठित: कंस: स्थापयामास वीर्यवान् ॥ ५९ ॥ यदा हि स महातेजा रामकृष्णौ समागतौ ॥ शुश्राव पुरुषव्याघ्रौ सूर्याचन्द्रमसाविव ॥ ६० ॥ तदाप्रभृति यत्नोऽभूद्रक्षां प्रति नराधिप ॥ न च शिश्ये सुखं रात्रौ रामकृष्णौ विचिन्तयन् ॥ ६१ ॥ श्रुत्वा तु राम: कृष्णश्च तं समाजमनुत्तमम् ॥ उभौ विविशतुर्वीरौ शार्दूलौ गोव्रजं यथा ॥ ६२ ॥ तत: प्रवेशे संरुद्धौ रक्षिभि: पुरुषर्षभौ ॥ हत्वा कुवलयापीडं ससादिनमरिन्दमौ ॥ अवमृद्य दुराधर्षौ रङ्गं विविशतुस्तदा ॥६३॥ चाणूरान्ध्रौ विनिष्पिष्य केशवेन बलेन च ॥ औग्रसेनि: सुदुष्टात्मा सानुजो विनिपातित: ॥ ६४ ॥ यत्कृतं यदुसिंहेन देवैरपि सुदुष्करम् ॥ कर्म तत्केशवादन्य: कर्तुमर्हति क: पुमान् ॥ ६५ ॥ यद्धि नाधिगतं पूर्वै: प्रह्लादबलिशम्बरै: ॥ तदिदं प्रापितं वित्तं शौरिणा भवतां कृते ॥ ६६ ॥ एतेन मुरुमाक्रम्य दैत्यं पञ्चजनं तथा ॥ निष्क्रम्य शैलसङ्घातान्निसुन्द: सगणो हत: ॥ ६७ ॥ नरकश्च हतो भौम: कुण्डले चाहृते शुभे ॥ प्राप्तं च दिवि देवेषु केशवेन महद्यश: ॥ ६८ ॥

दोनों मथुरामें पहुँचे और यह समाचार कंसको सुनायी पड़ा तो उसी समयसे उसकी निद्रा तथा भोजन छूट गया। अब वह रात-दिन इन्हींका स्मरण करता हुआ आत्मरक्षाका प्रयत्न करने लगा ॥ ६० ॥ ६१ ॥ इधर जब दोनों भ्राताओंने उसकी बात सुनी तो बाघ जैसे गौओंके झुण्डमें प्रविष्ट हो, उसी प्रकार ये उस रंगशालामें प्रविष्ट होनेको अग्रसर हुए ॥ ६२ ॥ रंगभूमिके द्वारपर पहुँचते ही कंसके रक्षकगण इनके प्रति अनिष्ट चेष्टा करने लगे। अब ये दोनों भ्राता रक्षकों समेत कुवलयापीड हाथीका वध करके सभाभवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ६३ ॥ वहाँ चाणूर तथा अन्ध्र नामके दो पहलवानोंको समाप्त करनेके बाद इन दोनोंने एक साथ आक्रमण करके कंस और उसके लघु भ्राताको यमपुर भेज दिया ॥ ६४ ॥ महात्मा कृष्णने जो-जो कार्य किये हैं, वे देवताओंके लिए भी दुःसाध्य थे। फलतः इनके सिवाय उन कार्योंको और कौन कर पाता? ॥ ६५ ॥ प्रह्लाद, बलि और शम्बर प्रभृति महावीर भी जो धन

९०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं प्राप्त कर सके थे, वह धनराशि इन्होंने आप लोगोंके लिए प्राप्त कर ली है ॥ ६६ ॥ इन्होंने मुर, पञ्चजन, निसुन्द और नरकासुरको उनके अनुयायियों समेत मार डाला है ॥६७॥ नरकासुरसे देवमाता अदितिके दो कुण्डल भी छीन लाये। इससे देवताओंमें इन्हें असाधारण प्रतिष्ठा प्राप्त हुई ॥ ६८ ॥ हे यदूत्तमगण! देवराज इन्द्रने कहा है कि भगवान कृष्णके बाहुबलकी छायामें आप लोगोंको किसी प्रकारका भय नहीं है। अतएव आप लोग भय-शोक आदि त्यागकर विविध यज्ञों द्वारा देवाराधन करें ॥ ६९ ॥ भगवान कृष्णने देवताओंके भी बहुत बड़े कार्य सम्पन्न किये हैं। इन्द्रदेवका कथन है कि आप लोगोंके कल्याणार्थ जो भी आवश्यक होगा, वह सब करनेके लिए मैं सदा तैयार रहूँगा। आपलोग हमारे हैं और मैं आपका हूँ ॥ ७० ॥ ७१ ॥ भगवान कृष्णको सम्बोधित करके देवराजने मुझसे यही कहा है। जहाँ लज्जा रहती है, वहाँ लक्ष्मी रहती हैं। जहाँ लक्ष्मी रहती हैं, वहाँ ही विनम्रताका निवास रहता है। महात्मा कृष्णमें लज्जा, नम्रता और लक्ष्मी तीनोंका समावेश है ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भाषाटीकायां त्र्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०३ ॥

वीतशोकभयाबाधाः कृष्णबाहुबलाश्रयाः ॥ यजध्वं विविधैर्यज्ञैर्यादवा वीतमत्सराः ॥ ६९ ॥ देवानां सुमहत्कार्यं कृतं कृष्णेन धीमता ॥ प्रियमावेदयाम्येष भवतां भद्रमस्तु वः ॥ ७० ॥ यदिष्टं वो यदुश्रेष्ठाः कर्तास्मि तदतन्द्रितः ॥ भवतामस्मि यूयं च मम युष्मास्वहं स्थितः ॥ ७१ ॥ इति सम्बोधयन्कृष्णमब्रवीत्पाकशासनः ॥ स मां प्रैक्षीत्सुरश्रेष्ठः प्रीतस्तुष्टास्तथा वयम् ॥ ७२ ॥ यत्र धीः श्रीः स्थिता तत्र यत्र श्रीस्तत्र सन्नतिः ॥ सन्नतिर्धीस्तथा श्रीश्च नित्यं कृष्णे महात्मनि ॥७३॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि नारदवाक्यं नाम त्र्यधिकशततमोऽध्यायः ॥१०३॥

नारद उवाच ॥ सादिता मौरवाः पाशा निसुन्दनरकौ हतौ ॥ कृतः क्षेम्यः पुनः पन्थाः पुरं प्राग्ज्योतिषं प्रति ॥ १ ॥ शौरिणा पृथिवीपालास्त्रासिताः स्पर्द्धिनो रणे ॥ धनुषश्च निनादेन पाञ्चजन्यस्वनेन च ॥ २ ॥ मेघप्रख्यै रथानीकैर्दाक्षिणात्यैः सुरक्षितम् ॥ रुक्मिणं युधि निर्जित्य महाबलपराक्रमम् ॥ रुक्मिणीमाजहाराशु केशवो वृष्णिपुङ्गवः ॥ ३ ॥ ततः पर्जन्यघोषेण रथेनादित्यवर्चसा ॥ अवाप्य महिषीं भोज्यां शङ्खचक्रगदासिभृत् ॥ ४ ॥ जारूथ्यामाहृतिः क्राथः शिशुपालश्च निर्जितः ॥ वक्त्रश्च सह सैन्येन शतधन्वाऽथ निर्जितः ॥ ५ ॥ इन्द्रद्युम्नो हतः कोपाद्यवनश्च कशेरुमान् ॥ हतः सौभपतिः श्रीमाञ्छाल्वश्च दृढधन्वना ॥ ६ ॥ पर्वतानां सहस्रं च चक्रेण पुरुषोत्तमः ॥ विकीर्य पुण्डरीकाक्षो द्युमत्सेनं

(नारदका वक्तव्य) नारदजी बोले—हे यदुवीरगण! इन महात्मा कृष्णने ही मुरदैत्यके पाशास्त्रको विफल कर दिया था। इन्होंने ही निसुन्द और नरकासुरका वध करके फिर एक बार प्राग्ज्योतिषपुरका मार्ग परिष्कृत किया था ॥ १ ॥ इनके धनुष्टंकार तथा पाञ्चजन्यका शब्द सुनकर समरस्पर्धी नरपतियोंका हृदय काँप उठता है ॥ २ ॥ रुक्मिणीहरणके समय महाबली और परम पराक्रमी रुक्मीने मेघसदृश विशाल वाहिनी जुटाकर दाक्षिणात्य महारथी सेनापतियों द्वारा परिरक्षित होकर मार्गमें ही इन कृष्ण भगवानपर आक्रमण कर दिया, किन्तु इन वृष्णिवीर कृष्णने मेघसदृश गम्भीर शब्द करनेवाले तथा सूर्यप्रभ रथपर रुक्मिणीको बिठालकर ले आये थे ॥ ३ ॥ ४ ॥ जारुथी नगरीमें आहृति, क्रथ, शिशुपाल, सेनासमेत दन्तवक्त्र तथा शतधन्वा इनके द्वारा पराजित हो गये थे ॥ ५ ॥ इनके कोपसे इन्द्रद्युम्न, कालयवन तथा सौभपति शाल्व निहत हो गये थे ॥ ६ ॥ इन्होंने अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चक्रास्त्रके प्रभावसे सहसा एक हजार पर्वत फेंककर द्युमत्सेनको समाप्त कर दिया था ॥ ७ ॥ इन्होंने महेन्द्र पर्वतके शिखरपर इरावती नगरीमें अग्नि तथा सूर्यके समान तेजस्वी रावणानुचर गोपति और तालकेतुको मार डाला था ॥ ८ ॥ ९ ॥ इनके केवल एक बार दृष्टिपात करनेसे ही डिम्भ और हंस नामके दो दानव यमराजके भवनमें गये थे ॥ १० ॥ इन्होंने काशी नगरीको जलाकर अनुयायियोंसमेत काशीनरेशको मार डाला था ॥ ११ ॥ अद्भुतकर्मा श्रीकृष्ण युद्धभूमिमें सन्नतपर्व बाणों द्वारा मय दानवको पराजित करके इन्द्रसेनतनयको छुड़ा ले आये थे ॥ १२ ॥ लोहितकूट पर्वतपर अपने गणोंसमेत वरुणदेवको भी इनसे पराजित होना पड़ा था ॥ १३ ॥ इन्द्रभवनमें पारिजात वृक्ष बड़े यत्नसे देवताओं द्वारा सुरक्षित था। किन्तु इन्द्रतककी कोई परवाह न करके ये उस वृक्षको बरजोरी छीनकर अपने घर ले आये थे ॥ १४ ॥ पाण्ड्य, पौण्ड्र, कलिङ्ग, मत्स्य तथा बङ्गराज प्रभृति एक सौ राजाओंको

व्यपोथयत् ॥ ७ ॥ महेन्द्रशिखरे चैव निमेषान्तरचारिणौ ॥ जघान पुरुषव्याघ्रो रावणस्याभितश्चरौ ॥ ८ ॥ इरावत्यां महाभोजावग्निसूर्यसमौ युधि ॥ गोपतिस्तालकेतुश्च निहतौ शार्ङ्गधन्वना ॥ ९ ॥ अक्षिप्रपातने चैवडिम्भो हंसश्च दानवौ ॥ उभौ तावपि कृष्णेन सानुगौ विनिपातितौ ॥ १० ॥ दग्धा वाराणसी चैव केशवेन महात्मना ॥ सराष्ट्रः सानुबन्धश्च काशीनामधिपो हतः ॥ ११ ॥ विजित्य च यमं सङ्ख्ये शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ अथेन्द्रसेनिरानीतः कृष्णेनाद्भुतकर्मणा ॥ १२ ॥ सहितः सर्वयादोभिः समरेषु महाबलः ॥ प्राप्य लोहितकूटं च कृष्णेन वरुणो जितः ॥ १३ ॥ महेन्द्रभवने यातो देवैर्गुप्तो महात्मभिः ॥ अचिन्तयित्वा देवेन्द्रं पारिजातद्रुमो हृतः ॥ १४ ॥ पाण्डयं पौण्ड्रं कलिङ्गं च मात्स्यं चैव जनार्दनः ॥ जघान सहितान्सर्वा बङ्गराजं तथैव च ॥ १५ ॥ एष चैकशतं हत्वा रणे राज्ञां महात्मनाम् ॥ गान्धारीमावहद्वीरो महिषीं प्रियदर्शनाम् ॥ १६ ॥ तथा गाण्डीवधन्वानं क्रीडन्तं मधुसूदनः ॥ जिगाय भरतश्रेष्ठं कुन्त्याः प्रमुखतो विभुः ॥ १७ ॥ द्रोणं द्रौणिं कृपं कर्णं भीष्मं चैव सुयोधनम् ॥ चक्रानुयानैः प्रस्रवणे जिगाय पुरुषोत्तमः ॥१८॥ बभ्रोश्च प्रियमन्विच्छञ्शङ्खचक्रगदासिभृत् ॥ सौवीरराजस्य सुतां प्रसह्य हृतवान्प्रभुः ॥१९॥ पर्यस्तां पृथिवीं कृत्स्नां साश्वां सरथकुञ्जराम् ॥ वेणुदारिकृते यत्नाज्जिगाय पुरुषोत्तमः ॥ २० ॥ अवाप्य तपसो वीर्यं बलमोजश्च माधवः ॥ पूर्वदेहे जहारायं बलेस्त्रिभुवनं हरिः ॥ २१ ॥ वज्राशनिगदाखड्गैस्त्रासयद्भिश्च दानवैः ॥ यस्य नाधिगतो मृत्युः पुरं प्राग्ज्योतिषं प्रति ॥ २२ ॥

मारकर ये प्रियदर्शना गान्धारराजकुमारी गान्धारीको ले आये थे ॥ १५ ॥ १६ ॥ इन्होंने गाण्डीव धनुर्धारी और असाधारण वीर अर्जुनको कुन्तीके समक्ष परास्त किया था ॥१७॥ द्रोण, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, कर्ण, भीष्म और दुर्योधन आदि बड़े-बड़े महारथियोंको इन्होंने युद्धमें हराया था ॥१८॥ महात्मा बभ्रुका कल्याण करनेके लिए शंख-चक्र-गदा-असिधारी ये कृष्ण भगवान सौवीरराजकी कन्याको हर लाये थे ॥१९॥ वेणुदारिके लिए बड़े यत्नसे इन्होंने अश्व, रथ तथा कुंजरोंसमेत समस्त पृथिवी जीत ली थी ॥२०॥ पूर्वजन्ममें इन्होंने अपने तपोबल द्वारा राजा बलिसे तीनों लोकोंका राज्य लौटा लिया था ॥ २१ ॥ बलिपुत्र राजा बाणासुरके वज्र, अशनि, गदा तथा तलवार आदि शस्त्रोंके कारण यमराज तक प्राग्ज्योतिषपुरकी सीमामें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं जा सकते थे। किन्तु अपनी सेनासमेत उस महाबली और परमपराक्रमी बाणासुरको भी इनसे परास्त होना पड़ा था ॥२२॥२३॥ इन महाबाहु कृष्णने कंसके मंत्री पीठ तथा पीठपुत्र असिलोमाको मारा था ॥ २४ ॥ जृम्भ, ऐरावण तथा मानवरूपधारी दानव विरूपको भी इन्हींके हाथों मरना पड़ा था ॥ २५ ॥ महाबली और परम पराक्रमी कालिय नागको इनके द्वारा परास्त होकर समुद्रमें भाग जाना पड़ा था ॥ २५ ॥ गुरु सान्दीपनिका पुत्र कालके गालमें चला गया था। सो भगवान कृष्ण यमराजको परास्त करके गुरुपुत्रको यमपुरीसे लौटा लाये थे ॥ २७ ॥ हे महाराज ! इस प्रकार महाबाहु भगवान कृष्ण देवताओं तथा ब्राह्मणोंके द्वेषी दुरात्माओंपर सर्वदासे शासन करते आये हैं ॥ २८ ॥ भूमिपुत्र नरकासुरको मारकर श्रीकृष्ण इन्द्रको प्रसन्न करनेके लिए उससे देवमाता अदितिके दो कुण्डल छीन ले आये थे ॥ २९ ॥ ये सर्वलोकपति भगवान कृष्ण असुरोंके भयदाता तथा देवताओंके अभयदाता

अभिभूतश्च कृष्णेन सगणः सुमहाबलः ॥ बलेः पुत्रो महावीर्यो बाणो द्रविणवत्तरः ॥ २३ ॥ पीठं तथा महाबाहुः कंसामात्यं जनार्दनः ॥ पैठिकं चासिलोमानं निजघान महाबलः ॥ २४ ॥ जृम्भमैरावणं चापि विरूपं च महायशाः ॥ जघान पुरुषव्याघ्रो दैत्यं मानुषरूपिणम् ॥ २५ ॥ तथा नागपतिं तोये कालियं च महौजसम् ॥ निर्जित्य पुंडरीकाक्षः प्रेषयामास सागरम् ॥ २६ ॥ सञ्जीवयामास मृतं पुत्रं सान्दीपनेस्तथा ॥ निर्जित्य पुरुषव्याघ्रो यम वैवस्वतं हरिः ॥ २७ ॥ एवमेष महाबाहुः शास्ता तेषां दुरात्मनाम् ॥ देवांश्च ब्राह्मणांश्चैव ये द्विषंति सदा नृप ॥ २८ ॥ निहत्य नरकं भौममाहृत्य मणिकुण्डले ॥ देवमातुर्ददौ चैव प्रीत्यर्थं वज्रपाणिनः ॥ २९ ॥ एवं च देवदैत्यानां सुराणां च महायशाः ॥ भयाभयकरः कृष्णः सर्वलोककरो विभुः ॥ ३० ॥ संस्थाप्य धर्मान्मर्त्येषु यज्ञैरिष्ट्वाऽऽसदक्षिणैः ॥ कृत्वा देवार्थममितं स्वस्थानं प्रतिपत्स्यते ॥ ३१ ॥ कृष्णो भोगवतीं रम्यामृषिकां तां महायशाः ॥ द्वारकामात्मसात्कृत्वा समुद्रं गमयिष्यति ॥ ३२ ॥ बहुरत्नसमाकीर्णां चैत्ययूपशताङ्किताम् ॥ द्वारकां वरुणावासं प्रवेक्ष्यति सकाननाम् ॥ ३३ ॥ तां सूर्यसदनप्रख्यां मतज्ञः शार्ङ्गधन्वनः ॥ विसृष्टां वासुदेवेन सागरः प्लावयिष्यति ॥ ३४ ॥ सुरासुरमनुष्येषु नासीन्न भविता क्वचित् ॥ य इमामावसेत्कश्चिदन्यो वै मधुसूदनात् ॥ ३५ ॥ एवमेष दशार्हाणां विधाय विधिमुत्तमम् ॥ विष्णुर्नारायणः सोमः सूर्यश्च भविता स्वयम् ॥ ३६ ॥ अप्रमेयस्त्वचिन्त्यश्च यथा कामचरो वशी ॥ मोदत्येष सदा भूतैर्बालः क्रीडनकैरिव ॥ ३७ ॥ न प्रमातुं महाबाहुः

हैं ॥ ३० ॥ ये श्रीकृष्ण प्रचुर दक्षिणायुक्त यज्ञानुष्ठान द्वारा मर्त्यलोकमें धर्मकी स्थापना करके पुनः अपने विष्णुलोकको चले जायँगे ॥ ३१ ॥ उस समय यह बहुरत्नसमाकीर्ण तथा सैकड़ों चैत्य-यूपविभूषित द्वारकापुरी समुद्रमें डूब जायगी ॥ ३२ ॥ भगवान वासुदेव जब इस पुरीको त्याग देंगे, तब इसे समुद्र अपने जलमें विलीन कर लेगा ॥ ३३ ॥ इन भगवान मधुसूदनके सिवाय और किसी भी देवता, दानव या मानवमें यह सामर्थ्य नहीं है कि जो इस नगरीकी रक्षा करके इसमें निवास कर सके ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ये ही विष्णु, नारायण और सूर्यस्वरूप हैं। ये आप लोगोंका हितसाधन करके फिर स्वेच्छानुसार अपने लोकको चले जायँगे ॥३६॥ ये सदा क्रीडाप्रिय बालकके समान सब जीवोंको साथ लेकर उनके साथ खेलवाड़

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया करते हैं ॥ ३७ ॥ इनकी महिमा असीम और अनन्त है। ये अचिन्त्य, अप्रमेय और परात्पर ब्रह्म हैं। इनसे बढ़कर उत्तम पुरुष और कोई नहीं है ॥ ३८ ॥ हे महाराज! इस प्रकार कितने ही सौ और सहस्रों बार इन विश्वनियन्ता कृष्णकी स्तुति हो चुकी है, किन्तु कभी कोई इनकी महिमाका पार नहीं पा सका ॥ ३९ ॥ प्रत्यक्षदर्शी महाबुद्धिमान् वेदव्यासने अपने तपरूपी नेत्रोंसे देखकर बलरामसमेत पुण्डरीकाक्ष भगवान् कृष्णके बाल्य तथा मध्यावस्थाके चरित्रोंका वर्णन किया है ॥४०॥४१॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवराज इन्द्रके आदेशानुसार देवर्षि नारदके इस प्रकार भगवान श्रीकृष्णकी स्तुति करनेपर यादवोंने यथोचित अभिवादन किया। तदनन्तर देवर्षि नारद उन लोगोंसे अनुमति लेकर देवलोक चले गये ॥ ४२ ॥ इसके बाद भगवान कृष्णने विजयमें प्राप्त सारी सम्पदा वृष्णि तथा अन्धकवंशी यादवोंमें बाँट दी ॥ ४३ ॥ यादवगण वह धन लेकर यथानियम प्रचुर दक्षिणायुक्त अनेक यज्ञ करके बड़े सुखसे द्वारकापुरीमें रहने लगे ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुरधिकशततमोऽध्यायः ॥१०४॥

शक्योऽयं मधुसूदनः ॥ परं ह्यपरमेतस्माद्विश्वरूपान्न विद्यते ॥ ३८ ॥ श्रुतोऽयमेव शतशस्तथा शतसहस्रशः ॥ अन्तो हि कर्मणामस्य दृष्टपूर्वो न केनचित् ॥ ३९ ॥ एवमेतानि कर्माणि शिशुमध्यगतस्तदा ॥ कृतवान्पुण्डरीकाक्षः सङ्कर्षणसहायवान् ॥ ४० ॥ इत्युवाच पुरा व्यासस्तपोवीर्येण चक्षुषा ॥ महायोगी महाबुद्धिः सर्वप्रत्यक्षदर्शिवान् ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इति संस्तूय गोविन्दं महेन्द्रवचनान्मुनिः ॥ यदुभिः पूजितः सर्वैर्नारदस्त्रिदिवं ययौ ॥ ४२ ॥ ततस्तद्वसु गोविन्दो दिदेशान्धकवृष्णिषु ॥ यथार्हं पुण्डरीकाक्षो विधिवन्मधुसूदनः ॥ ४३ ॥ यादवाश्च धनं प्राप्य विधिवद्भूरिदक्षिणैः ॥ यज्ञैरिष्ट्वा महात्मानो द्वारकामावसन्पुरीम् ॥४४॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे चतुरुपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०४ ॥

जनमेजय उवाच ॥ बह्वीनां स्त्रीसहस्राणामष्टौ भार्याः प्रकीर्तिताः ॥ तासामपत्यान्यष्टानां भगवान्प्रब्रवीतु मे ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अष्टौ महिष्यः पुत्रिण्य इति प्राधान्यतः स्मृताः ॥ सर्वा वीरप्रजाश्चैव तास्वपत्यानि मे शृणु ॥ २ ॥ रुक्मिणी सत्यभामा च देवी नाग्नजिती तथा ॥ सुदत्ता च तथा शैब्या लक्ष्मणा चारुहासिनी ॥ ३ ॥ मित्रविन्दा च कालिन्दी जाम्बवत्यथ पौरवी ॥ सुभीमा च तथा माद्री रुक्मिणीतनयाञ्छृणु ॥ ४ ॥ प्रद्युम्नः प्रथमं जज्ञे शम्बरान्तकरः शुभः ॥ द्वितीयश्चारुदेष्णश्च वृष्णिसिंहो महारथः ॥ ५ ॥ चारुभद्रश्चारुगर्भः सुदेष्णो द्रुम एव

(वृष्णिवंशकी वंशावली) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर! आपने भगवान कृष्णकी हजारों पत्नियोंमेंसे जिन आठ प्रमुख पत्नियोंका उल्लेख किया है, उनके गर्भसे उत्पन्न पुत्रोंका वृत्तान्त मैं सुनना चाहता हूँ। कृपया आप मुझको बताइए ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! श्रीकृष्णकी हजारों पत्नियोंमें आठ मुख्य थीं और वे सभी वीर पुत्रोंकी मातायें थीं। उनके गर्भसे जो पुत्र उत्पन्न हुए, उन्हें बताता हूँ सुनिए—॥ २ ॥ रुक्मिणी, सत्यभामा, नाग्नजिती, शैब्या, सुदत्ता, चारुहासिनी लक्ष्मणा, मित्रविन्दा, कालिन्दी, पौरवी, माद्री, सुभीमा और जाम्बवती ये ही उनकी प्रधान रानियाँ थीं। अब इनके पुत्रोंका वृत्तान्त बताता हूँ, सुनिए ॥ ३ ॥ ४ ॥ उनमेंसे सर्वप्रथम रुक्मिणीने शम्बरासुरका वध करनेवाले प्रद्युम्नको जन्म दिया। उसके बाद द्वितीय पुत्र चारुदेष्ण हुआ, जो संसारमें महारथीके रूपमें प्रसिद्ध था ॥ ५ ॥ तदनन्तर उनके गर्भसे चारुभद्र, चारुगर्भ, सुदेष्ण, द्रुम,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुषेण, चारुगुप्त, वीर्यवान् चारुविन्द और चारुबाहु ये दस पुत्र तथा चारुमती नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई। सत्यभामाके गर्भसे भानु, भीमरथ, क्षुप, रोहित, दीप्तिमान्, जलान्तक तथा ताम्रजाक्ष, ये सात पुत्र और भानु, भीमनिका, ताम्रपर्णी और जलंधमा ये चार कन्यायें उत्पन्न हुईं। महारानी जाम्बवतीसे समरशोभी साम्ब, मित्रवान्, मित्रविन्द, मित्रबाहु और सुनीथ ये पुत्र तथा मित्रवती नामकी एक कन्या उत्पन्न हुई। अब नाग्नजितीकी सन्ततियोंका विवरण सुनें—॥६—१०॥ भद्रकार और भद्रविन्द ये दो पुत्र तथा भद्रवती नामकी एक कन्या नाग्नजितीसे जायमान हुई। सुदत्ता शैब्याके गर्भसे संग्रामजित्, सेनजित् और सपत्नजित् ये चार पुत्र उत्पन्न हुए। वृकाश्व, वृकनिर्वृति और वृकदीप्त ये मद्रराजतनया सुभीमाके गर्भसे उत्पन्न हुए। महारानी लक्ष्मणाके गर्भसे गात्रवान्, गात्रगुप्त और गात्रविन्द ये तीन पुत्र और गात्रवती नामकी सर्वकनिष्ठ पुत्री उत्पन्न हुई। कालिन्दीसे केवल दो पुत्र हुए—आश्रुत और श्रुतसम्मत ॥११—१४॥

च ॥ सुषेणश्चारुगुप्तश्च चारुविन्दश्च वीर्यवान् ॥ ६ ॥ चारुबाहुः कनीयांश्च कन्या चारुमती तथा ॥ जज्ञिरे सत्यभामायां भानुर्भीमरथः क्षुपः ॥ ७ ॥
रोहितो दीप्तिमांश्चैव ताम्रजाक्षो जलांतकः ॥ भानुर्भीमनिका चैव ताम्रपर्णी जलंधमा ॥ ८ ॥ चतस्रो जज्ञिरे तेषां स्वसारो गरुडध्वजात् ॥ जाम्ब-
वत्याः सुतो जज्ञे साम्बः समितिशोभनः ॥ ९ ॥ मित्रवान्मित्रविन्दश्च मित्रवत्यपि चाङ्गना ॥ मित्रबाहुः सुनीथश्च नाग्नजित्याः प्रजाः शृणु ॥ १० ॥
भद्रकारो भद्रविन्दः कन्या भद्रवती तथा ॥ सुदत्तायां तु शैब्यायां संग्रामजिदजायत ॥ ११ ॥ सत्यजित्सेनजिच्चैव तथा शूरः सपत्नजित् ॥
सुभीमायाः सुतो माद्र्या वृकाश्वो वृकनिर्वृतिः ॥ १२ ॥ कुमारो वृकदीप्तिश्च लक्ष्मणायाः प्रजाः शृणु ॥ गात्रवान्गात्रगुप्तश्च गात्रविन्दश्च वीर्यवान्
॥ १३ ॥ जज्ञिरे गात्रवत्या च भगिन्याऽनुजया सह ॥ अश्रुतश्च सुतो जज्ञे कालिन्द्याः श्रुतसंमितः ॥ १४ ॥ अश्रुतं श्रुतसेनायै प्रददौ मधुसूदनः ॥
तं प्रदाय हृषीकेशस्तां भार्यां मुदितोऽब्रवीत् ॥ १५ ॥ एष वामुभयोरस्तु दायादः शाश्वतीः समाः ॥ बृहत्यां तु गदस्याहुः शैब्यायामङ्गदं सुतम्
॥ १६ ॥ उत्पन्नं कुमुदं चैव श्वेतं श्वेता तथाङ्गना ॥ अगावहः सुमित्रश्च शुचिश्चित्ररथस्तथा ॥ १७ ॥ चित्रसेनः सुदेवायाश्चित्रा चित्रवती तथा ॥
वनस्तम्बश्च जज्ञाते सुतः स्तम्बवनश्च ह ॥ १८ ॥ निवासनो वनस्तंबः कन्या स्तंबवती तथा ॥ उपसन्नश्च शंकुश्च वज्रांशुः क्षिप्र एव च ॥ १९ ॥
कौशिक्यां सुतसोमायां यौधिष्ठिर्यां युधिष्ठिरः ॥ कपाली गरुडश्चैव जज्ञाते चित्रयोधिनौ ॥ २० ॥ एवमादीनि पुत्राणां सहस्राणि निबोध मे ॥

इन दोनोंमेंसे अश्रुतको श्रुतसेनाके हाथमें सौंपकर भगवान कृष्णने कहा—॥ १५ ॥ हे प्रिये ! यह अश्रुत चिरकाल तक हमारा और तुम्हारा उत्तराधिकारी रहेगा। हे महाराज जनमेजय ! श्रीकृष्णकी बृहती नामकी पत्नीके गर्भसे गद तथा शैब्यासे अङ्गद, श्वेत तथा कुमुद नामके तीन पुत्र और श्वेता नामकी एक कन्या जायमान हुई। अगावह, सुमित्र, शुचि, चित्ररथ, चित्रसेन, वनस्तम्ब, स्तम्ब और स्तवन ये सुदेवाके पुत्र एवं चित्रा तथा चित्रवती ये दोनों इनकी बहिनें हुईं। इनमें वनस्तम्बसे मित्रसेन नामका पुत्र तथा स्तम्बवती नामकी कन्या जायमान हुई। उपसन्न, शंकु, वज्रांशु और क्षिप्र ये सुतसोमाके पुत्र हुए ॥१६—१९॥ कुशिकवंशोद्भवा यौधिष्ठिरीके पुत्र युधिष्ठिर थे। उनके बाद कपाली और गरुड़ ये दो पुत्र और हुए। ये दोनों बड़े विचित्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

योद्धा थे ॥२०॥ हे महाराज! महात्मा कृष्णके जिन पुत्रोंका मैंने उल्लेख किया है, उनके अतिरिक्त और भी बहुतेरे पुत्र थे। उनके सब पुत्रोंकी कुल संख्या एक लाख अस्सी हजार थी ॥२१॥ उनमें सभी पुत्र वीर तथा युद्धविशारद थे। इस प्रकार मैंने आपको भगवान कृष्णके पुत्रोंका वृत्तान्त कह सुनाया ॥२२॥ वैदर्भी रुक्मवतीके गर्भसे प्रद्युम्नके द्वारा जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसका नाम था—अनिरुद्ध। मृगकेतन अनिरुद्ध त्रिलक्षण और युद्धनिपुण वीर थे ॥२३॥ रेवतीके गर्भसे बलरामके निशठ तथा उल्मुक नामके दो पुत्र जायमान हुए। ये दोनों भ्राता देवतुल्य सुन्दर थे और पुरुषप्रधान कहलाते हुए संसारमें विख्यात हुए ॥ २४ ॥ सुतनु तथा सुतारा ये दोनों वसुदेवकी पत्नियाँ थीं। उनमें सुतनुसे पौण्ड्रक तथा सुतारासे कपिल नामके पुत्रकी उत्पत्ति हुई। इन दोनोंमें पौण्ड्रक राजसिंहासनपर बैठे और कपिल राज्यभोग त्यागकर वनको चले गये ॥२५॥२६॥ वसुदेवकी चौथी शूद्रा भार्याके गर्भसे एक और पुत्र उत्पन्न हुआ।

दशायुतं समाख्याता वासुदेवस्य ते सुताः ॥२१॥ अयुतानि तथा चाष्टौ शूरा रणविशारदाः ॥ जनार्दनस्य प्रसवः कीर्तितोऽयं तथा मया ॥२२॥
प्रद्युम्नस्य सुतो जज्ञे वैदर्भ्यां राजसत्तम ॥ अनिरुद्धो रणेऽरुद्धो जज्ञे स मृगकेतनः ॥ २३ ॥ रेवत्यां बलदेवस्य जज्ञाते निशठोल्मुकौ ॥ भ्रातरौ
देवसंकाशावुभौ पुरुषसत्तमौ ॥ २४ ॥ सुतनुश्च सुतारा च शौरेरास्तां परिग्रहः ॥ पौण्ड्रकः कपिलश्चैव वसुदेवस्य तौ सुतौ ॥ २५ ॥ तारायां
कपिलो जज्ञे पौण्ड्रश्च सुतनोः सुतः ॥ तयोर्नृपोऽभवत्पौण्ड्रः कपिलश्च वनं ययौ ॥२६॥ तुर्यां समभवद्वीरो वसुदेवान्महाबलः ॥ जरा नाम निषा-
दानां प्रभुः सर्वधनुष्मताम् ॥ २७ ॥ काश्याः सुपार्श्वं तनयं लेभे साम्बात्तरस्विनम् ॥ सानुर्जज्ञेऽनिरुद्धस्य वज्रः सानोरजायत ॥ २८ ॥ वज्राज्जज्ञे
प्रतिरथः सुचारुस्तस्य चात्मजः ॥ अनमित्राच्छिनिर्जज्ञे कनिष्ठाद्वृष्णिनन्दनात् ॥ २९ ॥ शिनेस्तु सत्यवाग्जज्ञे सत्यकश्च महारथः ॥ सत्यकस्या-
त्मजः शूरो युयुधानस्त्वजायत ॥ ३० ॥ असंगो युयुधानस्य मणिस्तस्याभवत्सुतः ॥ मणेर्युगन्धरः पुत्र इति वंशः समाप्यते ॥ ३१ ॥ इति
श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वृष्णिवंशानुकीर्तने पञ्चोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०५ ॥

जनमेजय उवाच ॥ य एष भवता पूर्वं शम्बरघ्नेत्युदाहृतः ॥ प्रद्युम्नः स कथं जघ्ने शम्बरं तद्ब्रवीहि मे ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ रुक्मि-

उस पुत्रका नाम था—जरा। जरा सभी धनुर्धारी निषादोंका अधिपति था ॥ २७ ॥ काश्याके गर्भसे साम्बके सुपार्श्व नामका एक बलवान् पुत्र उत्पन्न हुआ। सानुवज्र अनिरुद्धका पुत्र था। उससे पहले वज्रका जन्म हुआ था। वज्रका पुत्र प्रतिरथ और प्रतिरथका पुत्र सुचारु हुआ। कनिष्ठ पुत्र अनमित्रसे महात्मा शिनिने जन्म लिया ॥ २८ ॥ २९ ॥ तदनन्तर शिनिके सत्यवाक् तथा सत्यक नामके दो पुत्र हुए। सत्यवाक्का पुत्र वीर युयुधान हुआ ॥३०॥ युयुधानका पुत्र असङ्ग और असङ्गका पुत्र मणि हुआ। मणिका पुत्र युगन्धर हुआ। उस युगन्धरसे ही इस वंशकी परम्परा समाप्त हो गयी ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०५ ॥

(शम्बरासुरके वधकी कथा) जनमेजय बोले—हे द्विजवर! पहले आप प्रद्युम्नको शम्बरासुरघाती कह चुके हैं। सो उन्होंने किस तरह शम्बरासुरका वध किया? कृपया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यह वृत्तान्त आप मुझे बताइए ॥१॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवान कृष्णकी लक्ष्मीस्वरूपा पत्नी रुक्मिणीके गर्भसे शम्बरारि प्रद्युम्नका जन्म हुआ था। वे साक्षात् कामदेवके अवतार थे और पुराणोंमें सनत्कुमारके नामसे विख्यात थे ॥ २ ॥ जन्मके दिनसे सात रात्रि पूर्ण होते ही शम्बरासुर अर्धरात्रिके समय सूतिकागृहसे कृष्णतनय प्रद्युम्नका हरण कर ले गया ॥ ३ ॥ देवमायाके विज्ञ भगवान कृष्णको सब मालूम था, किन्तु उस युद्धदुर्मद दानवका निग्रह करनेके लिए ही उन्होंने कोई उपाय नहीं किया ॥४॥ सो वह मृत्युग्रस्त दानव प्रद्युम्नको दानों हाथोंसे उठाकर अपनी नगरीमें जा पहुँचा ॥ ५ ॥ उस पापात्माकी मायासदृश सुन्दरी मायावती नामकी भार्या थी। अबतक उस सुन्दरीने पुत्रका मुख नहीं देखा था। सो महासुर शम्बर उस पुत्र प्रद्युम्नको ले जाकर अपने पुत्रकी तरह मायावतींको सौंप दिया ॥ ६ ॥ ७ ॥ उस पुत्रको देखकर मायावतीका सारा शरीर पुलकित हो उठा। तब वह

ण्यां वासुदेवस्य लक्ष्म्यां कामो धृतव्रतः ॥ शम्बरान्तकरो जज्ञे प्रद्युम्नः कामदर्शनः ॥ सनत्कुमार इति यः पुराणे परिगीयते ॥ २ ॥ तं सप्तरात्रे संपूर्णे निशीथे सूतिकागृहात् ॥ जहार कृष्णस्य सुतं शिशुं वै कालशम्बरः ॥ ३ ॥ विदितं तस्य कृष्णस्य देवमायानुवर्तिनः ॥ ततो न निगृहीतः स दानवो युद्धदुर्मदः ॥ ४ ॥ स मृत्युना परीतायुर्मायया संजहार तम् ॥ दोर्भ्यामुत्क्षिप्य नगरं स्वं निनाय महासुरः ॥ ५ ॥ अनपत्या तु तस्यासीद्भार्या रूपगुणान्विता ॥ नाम्ना मायावती नाम मायेव शुभदर्शना ॥ ६ ॥ ददौ तं वासुदेवस्य पुत्रं पुत्रमिवात्मजम् ॥ तस्या महिष्या मायिन्या दानवः कालचोदितः ॥ ७ ॥ मायावती तु तं दृष्ट्वा संप्रहृष्टतनूरुहा ॥ हर्षेण महता युक्ता पुनः पुनरुदैक्षत ॥ ८ ॥ अथ तस्य निरीक्षन्त्याः स्मृतिः प्रादुर्बभूव ह ॥ अयं स मम कान्तोऽभूत्स्मृत्वैवं चान्वचिन्तयत् ॥ ९ ॥ अयं स नाथो भर्ता मे यस्यार्थेऽहं दिवानिशम् ॥ चिन्ताशोकार्णवे मग्ना न विन्दामि रतिं क्वचित ॥ १० ॥ अयं भगवता पूर्वं देवदेवेन शूलिना ॥ खेदितेन कृतोऽनङ्गो दृष्टो जात्यन्तरे मया ॥ ११ ॥ कथमस्य स्तनं दास्ये मातृभावेन जानती ॥ भर्तुर्भार्या त्वहं भूत्वा वक्ष्ये वा पुत्र इत्युत ॥ १२ ॥ एवं संचिन्त्य मनसा धात्र्यास्तं सा समर्पयत् ॥ रसायनप्रयोगैश्च शीघ्रमेव व्यवर्धयत् ॥ १३ ॥ धात्र्याः सकाशात्स च तां शृण्वन्रुक्मिणिनन्दनः ॥ मायावतीमविज्ञानान्मेने स्वामेव मातरम् ॥ १४ ॥ सा च तं वर्द्धयामास कार्ष्णि कमललोचनम् ॥ मायाश्चास्मै ददौ सर्वा दानवीः काममोहिता ॥ १५ ॥ स यदा यौवनस्थस्तु प्रद्युम्नः कामदर्शनः ॥ चिकी-

अत्यधिक आनन्दित होकर बार-बार उसका मुख निहारने लगी ॥ ८ ॥ कुछ देर देखनेके बाद उसे स्मरण आया कि ये तो पूर्वजन्ममें मेरे स्वामी थे। यह स्मरण आनेपर वह सोचने लगी कि अबतक मैं इन्हींके लिए रात-दिन चिन्ता आर शोकके सागरमें डूबती-उतराती थी। मुझे कहीं भी चैन नहीं मिलती थी ॥९॥१०॥ उसे यह भी स्मरण आया कि देवादिदेव शंकर भगवानने कुपित होकर इसे अनङ्ग बना दिया था ॥ ११ ॥ अतएव भार्या होकर मैं इनके मुखमें स्तन कैसे दूँगी और पुत्र कहकर इन्हें कैसे बुलाऊँगी ॥ १२ ॥ मन ही मन ऐसा विचार करके उसने प्रद्युम्नको धायके हाथों सौंप दिया और रसायनके प्रयोग द्वारा वे बड़ी शीघ्रतासे बढ़ने लगे ॥ १३ ॥ रुक्मिणीनन्दन प्रद्युम्न धात्रीके मुखसे सुनकर अज्ञानवश मायावतीको ही अपनी माता समझने लगे ॥ १४ ॥ तदनन्तर वे जैसे-जैसे बढ़ने लगे, वैसे-वैसे काममोहित होकर मायावती उन्हें दानवी मायाओंको प्रदान करने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगी ॥ १५ ॥ प्रियदर्शन प्रद्युम्न क्रमशः यौवनकी सीमामें पदार्पण करके अस्त्रविद्याके पारदर्शी तथा स्त्रियोंका मनोभाव समझनेमें समर्थ हो गये। तब मायावती उनपर मोहित होकर मुस्कराहट भरे हाव-भाव द्वारा नाना प्रकारके प्रलोभन प्रदर्शित करने लगी। हे महाराज! महात्मा प्रद्युम्नने मायावतीको सर्वथा अपनेपर आसक्त देखकर कहा—॥ १६ ॥ १७ ॥ हे चपले! तुम मातृभाव त्यागकर इस प्रकारके विकृत भाव क्यों प्रदर्शित कर रही हो? मालूम होता है कि तुम दुश्चरित्रा हो। इसी कारण तुम्हारा मन इतना चचल है ॥ १८ ॥ इसलिए तुम पुत्रभाव त्यागकर मेरी ओर लोभवश आकृष्ट हुई हो। हे सौम्ये! क्या मैं तुम्हारा पुत्र नहीं हूँ? आखिर तुम्हारे मनमें ऐसी विपरीत प्रवृत्ति क्यों हुई? ॥ १९ ॥ हे देवि! मैं इसका कारण जानना चाहता हूँ। स्त्रियोंका स्वभाव विद्युत्पात सदृश चंचल होता है। मेघ जिस तरह सदा पर्वतशिखरसे चिपके रहते हैं, उसी प्रकार स्त्रियोंका चित्त सदा पुरुषोंपर

षितज्ञो नारीणां सर्वास्त्रविधिपारगः ॥ १६ ॥ तं सा मायावती कान्तं कामयामास कामिनी ॥ इङ्गितैश्चापि वीक्षन्ती प्रालोभयत सस्मिता ॥ प्रसज्जन्तीं तु तां देवीं बभाषे चारुहासिनीम् ॥ १७ ॥ प्रद्युम्न उवाच ॥ मातृभावं व्यतिक्रम्य किमेवं वर्तसेऽन्यथा ॥ अहो दुष्टस्वभावाऽसि स्त्रीत्वे चपलमानसा ॥ १८ ॥ या पुत्रभावमुत्सृज्य मयि लोभात्प्रवर्तसे ॥ न तु तेऽहं सुतः सौम्ये कोऽयं शीलविपर्ययः ॥ १९ ॥ तत्त्वमिच्छाम्यहं देवि कथितं को न्वयं विधिः ॥ विद्युत्सम्पातचपलः स्वभावः खलु योषिताम् ॥ २० ॥ या नरेषु प्रसज्जन्ते नगाग्रेषु घना इव ॥ यदि तेऽहं सुतः सौम्ये यदि वा नात्मजः शुभे ॥ २१ ॥ कथितं तत्त्वमिच्छामि किमिदं ते चिकीर्षितम् ॥ एवमुक्ता तु सा भीरुः कामेन व्यथितेन्द्रिया ॥ २२ ॥ प्रियं प्रोवाच वचनं विविक्ते केशवात्मजम् ॥ न त्वं मम सुतः कान्त नापि ते शम्बरः पिता ॥ २३ ॥ रूपवानसि विक्रान्तस्त्वं जात्या वृष्णिनन्दन ॥ पुत्रस्त्वं वासुदेवस्य रुक्मिण्यानन्दवर्धनः ॥ २४ ॥ दिवसे सप्तमे बालो जातमात्रोऽपवाहितः ॥ सूतिकागारमध्यात्त्वं शिशुरुत्तानशायितः ॥ २५ ॥ मम भर्त्रा हृतोऽसि त्वं बलवीर्यप्रवर्तिना ॥ पितुस्ते वासुदेवस्य धर्षयित्वा गृहं महत् ॥ २६ ॥ पाकशासनकल्पस्य हृतस्त्वं शम्बरेण ह ॥ सा च ते करुणं माता त्वां बालमनुशोचती ॥ २७ ॥ अत्यर्थं तप्यते वीर विवत्सा सौरभी यथा ॥ सोऽपि शक्रादपि महान्पिता ते गरुडध्वजः ॥ २८ ॥ इह त्वां नाभिजानाति बालमेवापवाहितम् ॥ कान्त वृष्णिकुमारस्त्वं न हि त्वं शम्बरात्मजः ॥ २९ ॥ वीर नैवंविधान्पुत्रान्दानवा जनयन्ति हि ॥

आसक्त रहता है। हे शुभे! मैं तुम्हारा पुत्र होऊँ या नहीं, मेरे प्रति तुम्हारी ऐसी इच्छा होनेका कारण क्या है? यह मैं जानना चाहता हूँ। कामदेवके ऐसा कहनेपर मायावती नितान्त व्यथित होकर उन्हें एकान्तमें ले गयी और मधुर वचनोंसे सम्बोधित करके बोली—हे कान्त! न तुम मेरे पुत्र हो और न शम्बरासुर तुम्हारा पिता है ॥ २०–२३ ॥ तुम वृष्णिवंशी महात्मा कृष्णके रूपवान् सुपुत्र हो। देवी रुक्मिणी तुम्हारी माता हैं ॥ २४ ॥ भूमिष्ठ होनेके सातवें दिन रात्रिके समय सूतिकागारसे तुम्हें यहाँ लाया गया है। उस समय तुम उत्तान लेटे हुए थे ॥ २५ ॥ महाबली और परम पराक्रमी मेरा पति शम्बर इन्द्रतुल्य तेजस्वी भगवान कृष्णके घरको उजाड़कर तुम्हें यहाँ लाया है। तुम्हारी माता बछड़ेसे बिछुड़ी गायके समान सदा तुम्हारे लिए रोती रहती हैं। तुम्हारे पिता श्रीकृष्ण इन्द्रसे भी बढ़कर पराक्रमी हैं ॥ २६–२८ ॥ किन्तु शम्बर अपने प्रभावसे तुम्हें यहाँ उठा लाया है। वे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस बातको नहीं जानते । अतएव तुम शम्बरके पुत्र नहीं हो, बल्कि एक वृष्णिवंशी यादव हो ॥ २९ ॥ हे वीर ! दानवोंके घर तुम्हारे जैसे सुन्दर पुत्र नहीं उत्पन्न होते । इस प्रकार
मैं तुम्हारी माता नहीं हूँ और इसीलिए तुम्हें इतना चाहती हूँ ॥ ३० ॥ तुम्हारा अनुपम रूप देखकर मैं अधीर हो उठी हूँ । इस तरह मैंने तुम्हें अपने अनुरागका कारण बतला दिया ।
अब तुम मेरी अभिलाषा पूर्ण करो । तुम्हारे प्रति सद्भाव रहनेके कारण ही मैंने भेदकी सब बात बता दी है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ हे महाराज ! मायावतीके मुखसे सब वृतान्त सुनते ही
सब मायाओंसे अभिज्ञ वासुदेवपुत्र प्रद्युम्नके नेत्र लाल हो गये और तत्काल उन्होंने शम्बरासुरको ललकारकर कहा—दुरात्मन् ! मेरा नाम प्रद्युम्न है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ अरे दुष्ट ! तूने
निर्भय होकर श्रीकृष्णके शिशुका अपहरण कर लिया ? अच्छा, अब मैं स्वयं तेरे हृदयमें भय उत्पन्न करूँगा ॥३५॥ यह कहकर प्रद्युम्न अपने मनमें सोचने लगे कि कौन-सा उपाय करूँ,

अतोऽहं कामयामि त्वां न हि त्वं जनितो मया ॥ ३० ॥ रूपं ते सौम्य पश्यन्ती सीदामि हृदि दुर्बला ॥ यन्मे व्यवसितं कान्त यत्तु मे हृदि वर्तते
॥३१॥ तन्मे मनसि वार्ष्णेय प्रतिसन्धातुमर्हसि ॥ एष ते कथितः सर्वः सद्भावस्त्वयि यो मम ॥३२॥ यथा न मम पुत्रस्त्वं न पुत्रः शम्बरस्य च ॥
श्रुत्वैवमखिलं सर्वं मायावत्या प्रभाषितम् ॥३३॥ चक्रायुधात्मजः क्रुद्धः शम्बरं स समाह्वयत् ॥ सर्वमायास्वभिज्ञोऽसौ नाम विश्राव्य चात्मनः ॥३४॥
अहो दानवदुष्टात्मा केशवस्यात्मजं शिशुम् ॥ हरते निर्भयश्चैव भयमद्य करोम्यहम् ॥ ३५ ॥ कथं वै क्रोधमागच्छेद्युध्यते वा कथं मया ॥ प्रथमं
किं करिष्यामि येन कुप्यति मन्दधीः ॥ ३६ ॥ अस्ति चास्य ध्वजं चित्रं सिंहकेतुविभूषितम् ॥ तोरणं गृहमासाद्य उच्छ्रितं मेरुशृङ्गवत् ॥ ३७ ॥
एतदुन्मथ्य पातिष्ये भल्लेन निशितेन वै ॥ ध्वजच्छेदं विदित्वाऽथ शम्बरो निष्क्रमिष्यति ॥ ३८ ॥ ततो युद्धेन हत्वाऽऽजौ गन्ताऽस्मि द्वारकां
प्रति ॥ इत्युक्त्वा सज्यमाचक्रे सशरं चापमोजसा ॥ ३९ ॥ चिच्छेद ध्वजरत्नं तु शम्बरस्य महाभुजः ॥ तच्छ्रुत्वा तु ध्वजच्छेदं प्रद्युम्नेन महात्मना
॥ ४० ॥ क्रुद्धस्त्वाज्ञापयामास पुत्रान्वै कालशम्बरः ॥ जिघांसध्वं महावीरा रौक्मिणेयं त्वरान्विताः ॥ ४१ ॥ नैनं वै द्रष्टुमिच्छामि मम विप्रिय-
कारकम् ॥ श्रुत्वा तु शम्बराद्वाक्यं सुतास्ते शरम्बरस्य ह ॥ ४२ ॥ संनद्धा निर्ययुर्हृष्टाः प्रद्युम्नवधकाङ्क्षया ॥ चित्रसेनोऽतिसेनश्च विष्वक्सेनो
गदस्तथा ॥ ४३ ॥ श्रुतसेनः सुषेणस्तु सोमसेनो मनस्तथा ॥ सेनानीः सैन्यहन्ता च सेनाहा सैनिकस्तथा ॥ ४४ ॥ सेनस्कन्धोऽतिसेनश्च सेनको

जिससे यह कुपित होकर युद्ध ठान दे । क्योंकि वैसी ही स्थितिमें इसका वध किया जा सकेगा ॥ ३६ ॥ ऐसा सोचकर उन्होंने अपने मनमें स्थिर किया कि इस दुरात्माके पास सिंह-
चिह्नित तथा सुमेरुपर्वतके शिखर सदृश उन्नत एक ध्वजा है । वह इसके तोरण (बहिर्द्वार) के ऊपर फहराया करती है ॥ ३७ ॥ सो मैं अपने तीक्ष्ण भल्लास्त्र द्वारा उस ध्वजाको काट-
कर गिरा दूँगा । ऐसा करनेसे ही वह दुरात्मा युद्ध करनेके लिए घरसे बाहर निकलेगा ॥ ३८ ॥ उसी समय उसे मारकर मैं द्वारका जा सकूँगा । ऐसी विवेचना करके प्रद्युम्नने धनुषपर
बाण चढ़ाकर शम्बरासुरके उस सिंहध्वजको काटकर गिरा दिया । प्रद्युम्नके द्वारा ध्वजच्छेदनका समाचार सुना तो शम्बरासुरने क्रुद्ध होकर अपने पुत्रोंको बुलाया और कहा—वत्सगण !
तुम लोग शीघ्र रुक्मिणीनन्दन प्रद्युम्नको मार डालो ॥३९-४१॥ मैं उस अहितकारी दुरात्माका मुख नहीं देखना चाहता । पिताका आदेश सुनते ही चित्रसेन, विष्वक्सेन, गद, श्रुतसेन,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुषेण, सोमसेन, सेनानी, सैन्यहन्ता, सेनाहा, सैनिक, सेनस्कन्ध, स्तनक, जनक, सुत, विकल, शान्त, शान्तान्तकर, कुम्भकेतु, सुदंष्ट्र और केशी प्रभृति पुत्रगण चक्र, तोमर, शूल, पट्टिश, परशु आदि शस्त्रास्त्र ले तथा परमक्रुद्ध होकर प्रद्युम्नका विनाश करनेके लिए निकल पड़े। वे सभी शम्बरपुत्र काल द्वारा प्रेरित होकर प्रद्युम्नको ललकारते हुए समरभूमिमें जा डटे ॥४२–४७॥ उसी समय प्रद्युम्न भी रथपर सवार होकर धनुष लिये हुए समरभूमिकी ओर दौड़े ॥४८॥ उनके पहुँचते ही शम्बरासुरके पुत्रों तथा प्रद्युम्नमें लोमहर्षक युद्ध होने लगा ॥ ४९ ॥ उसी समय देवता, गन्धर्व, उरग और चारणगण इन्द्रको अगुआ बना तथा विमानोंपर बैठकर युद्ध देखनेके लिए वहाँ जा पहुँचे ॥ ५० ॥ देवर्षि नारद, तुम्बुरु और हाहा-हूहू प्रभृति गायकगण अप्सराओंसे परिवेष्टित होकर देवताओंके पास जा उपस्थित हुए ॥ ५१ ॥ उनमेंसे देवराज इन्द्रके प्रतीहार एक गन्धर्वने जाकर देवेन्द्रको सम्बोधित करके कहा—हे महाराज! एक ओर

जनकः सुतः ॥ सकलो विकलः शान्तः स शान्तान्तकरो विभुः ॥ ४५ ॥ कुम्भकेतुः सुदंष्ट्रश्च केशिरित्येवमादयः ॥ चक्रतोमरशूलानि पट्टिशानि परश्वधान् ॥ ४६ ॥ गृहीत्वा निर्ययुर्हृष्टा मन्युना परमाप्लुताः ॥ आह्वयन्तममित्रं वै तस्थुः संग्राममूर्द्धनि ॥ ४७ ॥ प्रद्युम्नस्तु महाबाहू रथमारुह्य सत्वरम् ॥ निर्ययौ चापमादाय संग्रामाभिमुखस्तदा ॥ ४८ ॥ ततः प्रवृत्तं युद्धं तु तुमुलं लोमहर्षणम् ॥ शम्बरस्य तु पुत्राणां केशवस्य च सूनुना ॥ ४९ ॥ ततो देवाः सगन्धर्वाः समहोरगचारणाः ॥ देवराजं पुरस्कृत्य विमानाग्रेषु धिष्ठिताः ॥ ५० ॥ नारदस्तुम्बुरुश्चैव हाहा हूहूश्च गायनाः ॥ अप्सरोभिः परिवृताः सर्वे तत्रावतस्थिरे ॥ ५१ ॥ देवराजप्रतीहारो गन्धर्वश्चित्रमद्भुतम् ॥ शशंस देवराजाय वज्रिणे तद्विचेष्टितम् ॥ ५२ ॥ शम्बरस्य शतं पुत्रा एकः कृष्णस्य चात्मजः ॥ बहूनां युध्यतामेष कथं विजयमाप्नुयात् ॥ ५३ ॥ तच्छ्रुत्वा भाषितं तस्य प्रहस्य बलसूदनः ॥ उवाच वचनं चेदं शृणु योऽस्य पराक्रमः ॥५४॥ कामोऽयं पूर्वदेहे तु हरक्रोधाग्निना हतः ॥ रत्या प्रसादितो देवः कामपत्न्या त्रिलोचनः ॥ परितुष्टेन देवेन वरमस्याः प्रदीयते ॥ ५५ ॥ विष्णुर्मानुषदेहस्तु द्वारकायां भविष्यति ॥ तस्य पुत्रत्वमस्यैव भविष्यति न संशयः ॥ ५६ ॥ अनङ्ग इति विख्यातस्त्रैलोक्ये तु महायशाः ॥ तत्रोत्पन्नो महातेजाः शम्बरं घातयिष्यति ॥५७॥ सप्ताहे जातमात्रे तु रुक्मिण्याः क्रोडसंस्थितम् ॥ आस्थाय शम्बरो मायां प्रद्युम्नमपनेष्यति ॥ ५८ ॥ तद्गच्छ शम्बरगृहं भार्या मायावती भव ॥ मायारूपप्रतिच्छन्ना शम्बरं मोहयिष्यसि ॥५९॥ तत्र त्वमात्मनः

शम्बरासुरके सौ पुत्र हैं और दूसरी ओर प्रद्युम्न एकाकी हैं। अतएव अकेले प्रद्युम्न बहुसंख्यक शत्रुओंके साथ युद्ध करके कैसे विजयी होंगे? ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ उस गन्धर्वके वचन सुनकर देवराज बोले—हे गन्धर्व! मैं कामदेवके बलका वर्णन करता हूँ, सुनो—॥५४॥ ये महात्मा कन्दर्प पूर्वजन्ममें शंकर भगवानके क्रोधानलमें भस्मसात् हो गये, तब इनकी पत्नी रतिने अनेक प्रकारसे अनुनय-विनय करके शिवजीको प्रसन्न किया। प्रसन्न होकर शंकर भगवानने उसे वरदान दिया ॥ ५५ ॥ और कहा कि भगवान विष्णु मानव तन धारण करके द्वारकामें निवास करेंगे। उस समय उनका पुत्र अनङ्ग नामसे विख्यात होकर तुम्हारा पति होगा और शम्बरासुरका विनाश करेगा ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ शम्बरासुर अपने मायाबलसे सातवीं रात्रिको रुक्मिणीकी गोदसे प्रद्युम्नको उठा ले जायगा। अतएव तुम शम्बरके घर जाकर उसकी पत्नी बन जाओ। तुम्हारा नाम मायावती होगा। तुम अपने मायाबलसे शम्बरासुरको मोहित कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लोगी ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ उसके बाद बालरूपधारी अपने पति प्रद्युम्नकी सेवा करके बढ़ाओगी । जब वह बालक बढ़कर युवा हो जायगा, तब शम्बरासुरको मारेगा ॥ ६० ॥ तत्पश्चात् प्रद्युम्न तुम्हें अपने साथ द्वारका ले जायँगे और चिरकालतक उसी प्रकार रमण करेंगे, जैसे मैं पार्वतीके साथ रमण करता हूँ ॥ ६१ ॥ देवदेव रतिको ऐसा आदेश देकर सिद्धों तथा चारणगणोंसे सेवित सुमेरुसरीखे उन्नत कैलासपर्वतपर चले गये ॥६२॥ इधर कन्दर्पपत्नी भी उमापतिको प्रणाम करके शम्बरासुरके घर चली गयी और वहाँ रहती हुई समयकी प्रतीक्षा करने लगी ॥ ६३ ॥ अब वह समय आ गया है । अतएव ये महाबाहु प्रद्युम्न खेल-खेलमें दुरात्मा शम्बर और उसके पुत्रोंका वध करके मायावतीके साथ द्वारका चले जायँगे ॥ ६४ ॥

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षडुपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०६ ॥

क्रान्तं बालरूपं विवर्द्धय ॥ प्राप्तयौवनदेहस्तु शम्बरं निहनिष्यति ॥ ६० ॥ ततस्त्वया सहानङ्गो द्वारकां वै गमिष्यति ॥ रमिष्यति त्वया सार्द्धं शैलपुत्र्या यथा ह्यहम् ॥ ६१ ॥ एवमादिश्य देवेशो जगाम पुरुषोत्तमः ॥ कैलासं मेरुसंकाशं सिद्धचारणसेवितम् ॥ ६२ ॥ कामपत्नी प्रणम्याथ देवदेवमुमापतिम् ॥ जगाम शम्बरगृहं कालस्यान्तं प्रतीक्षती ॥ ६३ ॥ एवमेष महाबाहुः शम्बरं निहनिष्यति ॥ सह पुत्रेण प्रद्युम्नो हन्ता तस्य दुरात्मनः ॥ ६४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शम्बरवधे षडुपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रवृत्तं युद्धं तु तुमुलं लोमहर्षणम् ॥ शम्बरस्य तु पुत्राणां रुक्मिण्या नन्दनस्य च ॥ १ ॥ ततः क्रुद्धा महादैत्याः शरशक्तिपरश्वधान् ॥ चक्रतोमरकुन्तानि भुशुण्डीमुसलानि च ॥ २ ॥ युगपत्पातयन्ति स्म प्रद्युम्नोपरि वेगिताः ॥ कार्ष्णायनिस्तु संक्रुद्धः सर्वास्त्र-धनुषश्च्युतैः ॥ ३ ॥ एकैकं पञ्चभिः क्रुद्धश्चिच्छेद रणमूर्द्धनि ॥ पुनरेवासुराः क्रुद्धाः सर्वे ते कृतनिश्चयाः ॥ ४ ॥ ववृषुः शरजालानि प्रद्युम्नवध-कांक्षया ॥ ततः प्रकुपितोऽनङ्गो धनुरादाय सत्वरः ॥ ५ ॥ शम्बरस्य जघानाशु दश पुत्रान्महौजसः ॥ ततोऽपरेण भल्लेन कुपितः केशवा-त्मजः ॥ ६ ॥ चिच्छेदाशु शिरस्तस्य चित्रसेनस्य वीर्यवान् ॥ ततस्ते हतशेषास्तु समेत्य समयुद्धयत ॥७॥ शरवर्षं विमुञ्चन्तो ह्यभ्यधावञ्जिघांसितुम् ॥ ततः सन्धाय बाणांस्ते विमुञ्चन्तो रणोत्सुकाः ॥ ८ ॥ क्रीडन्निव महातेजाः शिरांस्येषां न्यपातयत् ॥ निहत्य समरे सर्वाञ्छतमुत्तमधन्विनाम्

(शम्बरासुरका सैन्यभङ्ग) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर रुक्मिणीनन्दन प्रद्युम्न तथा शम्बरासुरके पुत्रोंमें लोमहर्षण तथा तुमुल युद्ध आरम्भ हो गया ॥१॥ दैत्यगण अत्यधिक क्रुद्ध होकर बाण, शक्ति, परश्वध, चक्र, तोमर, कुन्त, भुसुण्डी और मुसल आदि शस्त्र लेकर एक साथ चारों ओरसे प्रद्युम्नपर प्रहार करने लगे । उधर कृष्णकुमार भी रोषपूर्वक बाणवर्षा करते हुए पाँच-पाँच बाणोंसे दैत्योंके सभी शस्त्रास्त्रोंका काट डाला । तब वे असुर पहलेकी भी अपेक्षा अधिक क्रुद्ध होकर प्रद्युम्नकी विनाशकामना करके चारों ओरसे बाणोंकी वर्षा करने लगे । उसी समय प्रद्युम्नने एक दूसरा धनुष लेकर शम्बरासुरके दस पुत्रोंको मारकर यमपुर भेज दिया । तदनन्तर क्रुद्ध होकर उन्होंने भल्लास्त्रसे चित्रसेनका मस्तक काट डाला । अब बाकी बचे हुए असुर एक साथ मिलकर उनके साथ लड़ने लगे ॥ २-७ ॥ वे सब प्रद्युम्नका वध करनेके लिए बाणवर्षा करते हुए उनकी ओर दौड़े । अब वे भली भाँति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विचारपूर्वक बाण छोड़ते थे। किन्तु महाबली कन्दर्प खेल-खेलमें अपने बाणोंसे असुरोंके एक सौ भ्राताओंको धराशायी करके फिर भी युद्धकी इच्छासे समरभूमिमें डटे रहे। अपने सौ पुत्रोंके मरणका समाचार सुनकर शम्बरासुर बहुत कुपित हुआ ॥ ८–१० ॥ तत्काल उसने अपने सारथीसे कहा—सारथे! मेरे लिए रथ ले आओ। यह सुनकर सारथीने मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और अविलम्ब ससैन्य रथ लेकर उसके समक्ष आ उपस्थित हुआ। हे महाराज! उस रथमें सौ भालू जुते हुए थे और सर्पोंकी राप लगी हुई थी। उसके चारों ओर बाघका चमड़ा मढ़ा था और किंकिणीकी माला पड़ी हुई थी। उस रथपर ईहामृग, नक्षत्र और विविध प्रकारके चित्रोंकी पंक्तियाँ उत्कीर्ण थीं। उसका कूबर स्वर्णनिर्मित था। उसपर सिंहचिह्नित महाध्वज तथा उत्कृष्ट पताकायें फहरा रही थीं ॥ ११–१४ ॥ उस रथका आवरण बहुत ही अच्छे ढंगसे बनाया गया था। उसके लौहनिर्मित हरस वज्रसदृश सुदृढ़ थे। उस

॥ ९ ॥ प्रद्युम्नः समराकांक्षी तस्थौ संग्राममूर्धनि ॥ हतं पुत्रशतं श्रुत्वा शम्बरः क्रोधमादधे ॥ १० ॥ सूतं संचोदयामास रथं मे संप्रयोजय ॥
राज्ञो वाक्यं निशम्याथ प्रणम्य शिरसा भुवि ॥ ११ ॥ ससैन्यं नोदयामास रथं स सुसमाहितम् ॥ युक्तमृष्यसहस्रेण सर्पराजसकेतनम् ॥ १२ ॥
शार्दूलचर्मसंविष्टं किङ्किणीजालमालिनम् ॥ ईहामृगगणाकीर्णं चित्रभक्तिविराजितम् ॥ १३ ॥ ताराचित्रपिनद्धाङ्गं स्वर्णकूबरभूषितम् ॥ सुपताक-
महोच्छ्रायं मृगराजोग्रकेतनम् ॥ १४ ॥ सुविभक्तवरूथं च लोहेषावज्रकूबरम् ॥ मन्दरोदग्रशिखरं चारुचामरभूषितम् ॥ १५ ॥ नक्षत्रमालाविहितं
हेमदण्डसमाहितम् ॥ विराजमानं श्रीमन्तमारोहच्छम्बरो रथम् ॥ १६ ॥ काञ्चनं चित्रसन्नाहं धनुर्गृह्य शरांस्तथा ॥ प्रस्थितः समराकांक्षी मृत्युना
परिचोदितः ॥ १७ ॥ चतुर्भिः सचिवैः सार्द्धं सैन्येन महता वृतः ॥ दुर्धरः केतुमाली च शत्रुहन्ता प्रमर्दनः ॥ १८ ॥ एतैः परिवृतोऽमात्यैर्युयुत्सुः
प्रस्थितो रणे ॥ दशनागसहस्राणि रथानां द्वे शते तथा ॥ १९ ॥ हयानां चाष्टसाहस्रैः प्रयुतैश्च पदातिनाम् ॥ एतैः परिवृतो योधैः शम्बरः
प्रययौ तदा ॥ २० ॥ प्रयातस्य तु संग्रामे उत्पाता बहवोऽभवन् ॥ गृध्रचक्राकुले व्योम्नि सन्ध्याकाराभ्रनादितम् ॥ २१ ॥ गर्जन्ति परुषं मेघा
निर्घातश्चाम्बरात्पतत् ॥ शिवा विनेदुरशिवं सैन्यं संकालयन्महत् ॥ २२ ॥ ध्वजशीर्षेऽपतद्गृध्रः काङ्क्षन् वै दानवासृजम् ॥ रथाग्रे पतितश्चास्य
कबन्धो भुवि दृश्यते ॥ २३ ॥ चीचीकूचीति वाशन्ति शम्बरस्य रथोपरि ॥ स्वर्भानुग्रस्त आदित्यः परिघैः परिवेष्टितः ॥ २४ ॥ स्फुरते नयनं चास्य

रथका शिखरदेश मन्दर पर्वतके समान उन्नत था और उसपर विचित्र प्रकारके चमर लगे हुए थे ॥ १५ ॥ उसपर स्वर्णनिर्मित दण्ड लगे थे। वह रथ देखनेमें बहुत सुन्दर था। वीरवर शम्बर कालके द्वारा प्रेरित होकर स्वर्णिम कवच, बाण और धनुष लेकर उस रथपर बैठा और रणभूमिकी ओर अग्रसर हुआ ॥ १६ ॥ १७ ॥ समरकी अभिलाषासे प्रस्थान करते समय दुर्द्धर, केतुमाली, शत्रुहन्ता और प्रमर्दन ये चार मन्त्री, अगाध सैन्यसागर, दस हजार हाथी, दो सौ रथ, आठ हजार घुड़सवार सेना और दस हजार पैदल सेना उसके साथ चली ॥ १८–२० ॥ शम्बरासुरको उस युद्धयात्राके समय नाना प्रकारके अशकुन दिखायी देने लगे। आकाशमण्डलमें चारों ओर गृध्रोंका समुदाय चक्कर लगाने लगा। आकाशमें मेघ घिर आये, जिससे दिनमें ही सन्ध्याका समय ज्ञात होने लगा। मेघगण अति भयानक गर्जन करने लगे। बीच-बीचमें वज्रपात भी होने लगा। सियारिनें उस सेनाकी ओर मुख करके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding JKS-MoE-Grant-2

भयानक स्वरमें चीत्कार करने लगीं ॥ २१ ॥ २२ ॥ दानवोंके रुधिरपानकी आशासे गिद्धोंका झुण्ड बार-बार रथकी ध्वजापर बैठने लगा। रथके आगे मुण्डहीन शव दिखायी देने लगे ॥ २३ ॥ अनेक पक्षी रथके ऊपर बैठकर चीची-कूचीका शब्द करने लगे। सूर्यपर राहुका आक्रमण होकर ग्रहण लग गया और उनके मण्डलपर एक विचित्र प्रकारका परिघ जैसा बन गया ॥ २४ ॥ शम्बरासुरके लिए शंकासूचक बायाँ नेत्र और बायीं भुजा फड़कने लगी। प्रायः प्रत्येक पदक्षेपपर घोड़ोंके पैर फिसलने लगे ॥ २५ ॥ एक कौआ आकर शम्बरके मस्तक-पर बैठ गया। मेघ कंकड़ और अङ्गारमिश्रित रुधिरकी वर्षा करने लगे ॥ २६ ॥ समरभूमिमें असंख्य उल्कायें गिरने लगीं। रथ हाँकनेवाले सारथीके हाथसे बारम्बार घोड़ोंकी रास छूट-छूटकर गिरने लगी ॥ २७ ॥ हे महाराज! यात्राके समय इतने प्रकारके अपशकुन दृष्टिगोचर हुए, किन्तु शम्बरासुरने उनपर कुछ भी ध्यान नहीं दिया और प्रद्युम्नके वधकी आकांक्षासे आगे बढ़ता गया ॥ २८ ॥ भेरी, शंख, मृदङ्ग, पणव, आनक और दुन्दुभियाँ एक साथ बजने लगीं, जिससे सारी पृथिवी हिल उठी ॥ २९ ॥ मृग-पक्षी प्रभृति जीवगण उस

सव्यं भयनिवेदनम् ॥ बाहुः प्रकम्पते सव्यः प्रस्खलन्नथवाजिनः ॥ २५ ॥ ध्वाङ्क्षो मूर्ध्नि निपतितः शम्बरस्य सुरारिणः ॥ ववर्षं रुधिरं देवः शर्कराङ्गारमिश्रितम् ॥ २६ ॥ उल्कापातसहस्राणि निपेतू रणमूर्द्धनि ॥ प्रतोदो न्यपतद्धस्तात्सारथेर्हययायिनः ॥ २७ ॥ एतानचिन्तयित्वा तु उत्पातान्समुपस्थितान् ॥ प्रययौ शम्बरः क्रुद्धः प्रद्युम्नवधकाङ्क्षया ॥ २८ ॥ भेरीमृदङ्गशङ्खानां पणवानकदुन्दुभेः ॥ युगपन्नाद्यमानानां पृथिवी समकम्पत ॥ २९ ॥ तेन शब्देन महता संत्रस्ता मृगपक्षिणः ॥ समन्ताद्दुद्रुवुस्तस्माद्भयविक्लवचेतसः ॥ ३० ॥ रणमध्ये स्थितः कार्ष्णिश्चिन्तयन्निधनं रिपोः ॥ सैन्यैः परिवृतोऽसङ्ख्येर्युद्धाय कृतनिश्चयः ॥ ३१ ॥ क्रुद्धः शरसहस्रेण प्रद्युम्नं समताडयत् ॥ संप्राप्तांश्चैव तान्बाणांश्चिच्छेद कृतहस्तवत् ॥ ३२ ॥ प्रद्युम्नो धनुरादाय शरवर्षं मुमोच ह ॥ तस्मिन्सैन्ये न कोऽप्यस्ति यो न विद्धः शरेण वै ॥ ३३ ॥ प्रद्युम्नशरपातेन तत्सैन्यं विमुखीकृतम् ॥ शम्बरस्य तथाऽभ्याशे स्थितं संत्यज्य भीतवत् ॥३४॥ स्वबलं विद्रुतं दृष्ट्वा शम्बरः क्रोधमूर्च्छितः ॥ आज्ञापयामास तदा सचिवान्दानवेश्वरः ॥ ३५ ॥ गच्छध्वं मन्नियोगेन प्रहरध्वं रिपोः सुतम् ॥ नोपेक्षणीयः शत्रुर्वै वध्यतां क्षिप्रमेव वै ॥ ३६ ॥ उपेक्षित इव व्याधिः शरीरं नाशयेद्ध्रुवम् ॥ तदेष दुर्मतिः पापो वध्यतां मत्प्रियेप्सया ॥ ३७ ॥ ततस्ते सचिवाः क्रुद्धाः शिरसा गृह्य शासनम् ॥ शरवर्षं विमुञ्चन्तस्त्वरिता

कोलाहलसे भयभीत होकर चारों दिशाओंमें भागने लगे ॥ ३० ॥ उस समय प्रद्युम्न चारों ओरकी सेनाओंसे घिरकर भी उस दानवके विनाशका उपाय सोचते हुए समरभूमिमें डटे रहे ॥ ३१ ॥ सम्मुख पहुँचकर शम्बरासुरने उनपर एक सहस्र बाण छोड़े, किन्तु वीर प्रद्युम्नने उन बाणोंको मार्गमें ही काट डाला ॥ ३२ ॥ इसके बाद धनुष लेकर प्रद्युम्नने इतने अधिक बाणोंकी वर्षा की कि समरभूमिका कोई भी सैनिक आहत हुए बिना नहीं रहा ॥३३॥ तब समस्त सेना युद्धसे विमुख होकर भयभीत भावसे शम्बरासुरके पास पहुँची ॥३४॥ अपनी सेना भागती देखकर शम्बरासुर क्रोधान्ध हो उठा और अपने मन्त्रियोंको बुलाकर उसने कहा—शत्रुकी उपेक्षा करना उचित नहीं है। अतएव मैं आज्ञा देता हूँ कि तुमलोग आगे बढ़कर उसपर कठोर प्रहार करो ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ क्योंकि जैसे उपेक्षित व्याधि शरीरको नष्ट कर देती है, वैसे ही शत्रु राजाको नष्ट कर देता है। अतएव सब दैत्य मिलकर शीघ्र इस दुरात्माका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वध कर दो। यही मेरी इच्छा है ॥ ३७ ॥ शम्बरासुरकी आज्ञा पाते ही वे क्रुद्ध रथी बाणवर्षा करते हुए अपना-अपना रथ लेकर आगे बढ़े ॥ ३८ ॥ उधर मकरकेतन प्रद्युम्न भी उन्हें अपनी ओर आते देख क्रुद्ध भावसे धनुष तानकर रणभूमिमें खड़े हो गये ॥ ३९ ॥ तदनन्तर रुक्मिणीके आनन्दवर्द्धक प्रद्युम्नने दुर्धरको पचीस, केतुमालीको तिरसठ, शत्रुहन्ताको सत्तर तथा प्रमर्दनको बयासी बाणोंसे विद्ध कर दिया ॥ ४० ॥ ४१ ॥ तब वे रथीगण अत्यधिक क्रुद्ध होकर चारों ओरसे एक साथ उनपर बाण बरसाने लगे, किन्तु मकरध्वज प्रद्युम्नने अपने शिक्षाबलसे उनके बाणोंको बीच ही में काटकर उनमेंसे प्रत्येक रथीको साठ-साठ बाणोंसे विद्ध कर दिया। तदनन्तर उन्होंने सबके समक्ष एक अर्धचन्द्र बाणसे दुर्धरके सारथीका मस्तक काट डाला। तत्पश्चात् कंकपत्रविराजित चार बाणोंसे उसके चारों घोड़ों, एक बाणसे रथकी रास, एक बाणसे ध्वज तथा साठ बाणोंसे रथके जुओं, पहियों और धुरोंको नष्ट कर दिया।

नोदयन्रथान् ॥ ३८ ॥ तान्दृष्ट्वा धावतः संख्ये क्रुद्धो मकरकेतनः ॥ चापमुद्यम्य संभ्रान्तस्तस्थौ प्रमुखतो बली ॥ ३९ ॥ दुर्द्धरं पञ्चविंशत्या शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ बिभेद सुमहातेजाः केतुमालिं त्रिषष्टिभिः ॥ ४० ॥ सप्तत्या शत्रुहन्तारं द्व्यशीत्या तु प्रमर्दनम् ॥ बिभेद परमामर्षी रुक्मिण्या नन्दिवर्धनः ॥ ४१ ॥ ततस्ते सचिवाः क्रुद्धाः प्रद्युम्नं शरवृष्टिभिः॥ एकैकशो बिभेदाजौ षष्टिभिः षष्टिभिः शरैः ॥४२॥ तानप्राप्ताञ्छरान्बाणैश्चिच्छेद मकरध्वजः ॥ ततोऽर्द्धचन्द्रमादाय दुर्द्धरस्य स सारथिम् ॥ ४३ ॥ जघान पश्यतां राज्ञां सर्वेषां सैनिकस्य वै ॥ चतुर्भिरथ नाराचैः सुपर्वैः कङ्कतेजितैः ॥४४॥ जघान चतुरः सोऽश्वान्दुर्द्धरस्य रथं प्रति ॥एकेन योक्त्रं छत्रं च ध्वजमेकेन बन्धुरम् ॥४५॥ षष्ट्या च युगचक्राक्षं चिच्छेद मकरध्वजः ॥ अथापरं शरं गृह्य कङ्कपत्रं सुतेजितम् ॥ ४६ ॥ मुमोच हृदये तस्य दुर्द्धरस्याल्पजीविनः ॥ स गतासुर्गतश्रीको गतसत्त्वो गतप्रभः ॥४७॥ निपपात रथोपस्थात्क्षीणपुण्य इव ग्रहः ॥ दुर्द्धरे निहते शूरे दानवे दानवेश्वरः॥ ४८ ॥ केतुमाली शरव्रातैरभिदुद्राव कृष्णजम् ॥ प्रद्युम्नमथ संक्रुद्धो भ्रुकुटीभीषणाननम् ॥ ४९ ॥ कृत्वाऽभ्यधावत्सहसा तिष्ठ तिष्ठेति चाब्रवीत् ॥ संक्रुद्धः कृष्णसूनुस्तु शरवर्षैरवाकिरत् ॥ ५० ॥ पर्वतं वारिधाराभिः प्रावृषीव यथा घनः ॥ स विद्धो दानवामात्यः प्रद्युम्नेन धनुष्मता ॥ ५१ ॥ चक्रमादाय चिक्षेप प्रद्युम्नवधकांक्षया ॥ तमप्राप्तसहस्रारं कृष्णचक्रसमद्युतिम् ॥५२॥ निपत्योत्पत्य सहसा सर्वेषामेव पश्यताम् ॥ तेनैव तस्य चिच्छेद केतुमालेः शिरस्तदा॥५३॥ तद्दृष्ट्वा कर्म विपुलं रौक्मिणे-

इसके बाद प्रद्युम्नने विशेष तीक्ष्ण तथा कंकपत्रसे सुशोभित एक बाण लेकर अल्पजीवी दुर्द्धरकी छातीपर प्रहार किया। उसके लगते ही वह दानव मर गया। तत्क्षण उसका तेज तथा बल नष्ट हो गया और वह क्षीणपुण्य ग्रहके समान रथसे भूमिपर गिर पड़ा। इस प्रकार उस वीर दुर्द्धरके मर जानेपर दानवेन्द्र केतुमाली क्रोधसे जिनकी भृकुटियाँ भीषण हो रही थीं, उन प्रद्युम्नपर विकराल बाणवर्षा करता हुआ दौड़ा ॥४२–४९॥ साथ ही वह चिल्लाता जा रहा था—'अरे पामर! ठहर-ठहर।' उधर अत्यन्त कुपित कृष्णतनय प्रद्युम्न वर्षाकालीन मेघके समान उसके ऊपर बाणवर्षा करने लगे। असाधारण धनुर्धारी प्रद्युम्नके द्वारा आहत होकर उग्र दानवमन्त्रीने उन्हें नष्ट कर देनेके विचारसे अपने चक्रास्त्रका प्रयोग किया। तब कृष्णतनय प्रद्युम्नने भी उछलकर अपना चक्र सम्हाला और उसीसे केतुमालीका मस्तक काटकर धड़से अलग कर दिया ॥ ५०–५३ ॥ हे महाराज! प्रद्युम्नका यह अद्भुत साहस देखकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब देवताओं समेत देवराज इन्द्र बहुत विस्मित हुए ॥५४॥ गन्धर्व तथा अप्सरायें उनपर पुष्पोंकी वर्षा करने लगीं। केतुमालीको निहत देखकर शत्रुहन्ता और प्रमर्दन विशाल वाहिनी-
के साथ कामदेवकी ओर दौड़े ॥ ५५ ॥ अब वे सब चारों ओरसे एक साथ प्रद्युम्नपर टूट पड़े और गदा, मुसल, चक्र, प्रास, तोमर, भिन्दिपाल, कुठार, मुद्गर और अनेक प्रकारके दिव्य
वाणोंका प्रहार करने लगे। वीर रुक्मिणीनन्दनने भी अपना हस्तलाघव दिखाते हुए उन सभी शस्त्रास्त्रोंको काट डाला। तदनन्तर अत्यधिक कुपित होकर वे अपनी बाणवर्षासे दानवोंके
हाथी, हाथीसवार, रथ, रथी, सारथी तथा अश्वोंको नष्ट करने लगे। उन दोनों मन्त्रियोंके साथ आयी हुई सेनामेंसे कोई भी सैनिक आहत हुए बिना नहीं रहा ॥ ५६–५९॥ इस प्रकार
मकरध्वज प्रद्युम्नने सारी सेना नष्ट करके रुधिररूपी जल बहानेवाली नदी प्रवर्तित कर दी ॥ ६० ॥ उस नदीमें मुक्ताहार तरङ्गें, वसा तथा मेद कीचड़, छत्र द्वीप, बाण आवर्त, रथ

यस्य देवराट् ॥ विस्मयं परमं प्राप्तः सर्वैर्देवगणैः सह ॥५४॥ गन्धर्वाप्सरसश्चैव पुष्पवर्षैरवाकिरन् ॥ केतुमालिं हतं दृष्ट्वा शत्रुहन्ता प्रमर्दनः ॥ महाबल-
समूहेन प्रद्युम्नमथ दुद्रुवे ॥ ५५ ॥ ते गदां मुसलं चक्रं प्रासतोमरसायकान् ॥ भिन्दिपालान्कुठारांश्च भास्वरान्कूटमुद्गरान् ॥५६॥ युगपत्संक्षिपन्ति
स्म वधार्थं कृष्णनन्दने ॥ सोऽपि तान्यस्त्रजालानि शस्त्रजालैरनेकधा ॥५७॥ चिच्छेद बहुधा वीरो दर्शयन्पाणिलाघवम् ॥ गजान्सोऽभ्यहनत्क्रुद्धो
गजारोहान्सहस्रशः ॥५८॥ रथान्सारथिभिः सार्धं हयांश्चैव ममर्द ह ॥ पातयंस्ताञ्छरव्रातैर्नाविद्धः कश्चिदीक्ष्यते ॥५९॥ एवं सर्वाणि सैन्यानि ममन्थ
मकरध्वजः ॥ नदीं प्रावर्तयद्घोरां शोणिताम्बुतरङ्गिणीम् ॥६०॥ मुक्ताहारोर्मिबहुलां वसामेदोस्थिपङ्किनीम् ॥ छत्रद्वीपशरावर्तां रथैः पुलिनमण्डिताम्
॥ ६१ ॥ केयूरकुण्डलाकूर्मां ध्वजमत्स्यविभूषिताम् ॥ नागग्राहवतीं रौद्रीं मत्स्यकूर्मविभूषिताम् ॥६२॥ केशशैवलसंछन्नां श्रोणिसूत्रमृणालिकाम् ॥
वराननसुपद्मां च हंसचामरवीजिताम् ॥६३॥ शिरस्तिमिसमाकीर्णां शोणितौघप्रवर्तिनीम् ॥ नदीं दुस्तरणीं भीमामनङ्गेन प्रवर्तिताम् ॥६४॥ दुष्प्रेक्ष्यां
दुर्गमां रौद्रां हीनतेजःसुदुस्तराम् ॥ शस्त्रग्राहवतीं घोरां यमराष्ट्रविवर्द्धनीम् ॥ ६५ ॥ तत्र रुक्मिसुतः श्रीमान्विलोडयति धन्विनः ॥ शत्रुहन्तार-
माश्रित्य शरानभ्यकिरन्बहून् ॥ ६६ ॥ शत्रुहंता पुनः क्रुद्धो मुमोच शरमुत्तमम् ॥ प्रद्युम्नस्य समासाद्य हृदयं निपपात ह ॥ ६७ ॥ स विद्धस्तेन
बाणेन प्रद्युम्नो न व्यकम्पत ॥ शक्तिं जग्राह बलवाञ्छत्रुहन्त्रे मुमूर्षवे ॥ ६८ ॥ सा क्षिप्ता रौक्मिणेयेन शक्तिर्ज्वालाकुला रणे ॥ पपात

तट, केयूर कुण्डल और ध्वज मत्स्य, हाथी ग्राह, खड्ग नक्र, केश सेवार, श्रोणीसूत्र मृणाल, उत्कृष्ट आनन कमल, चमरसमूह हंस और कटे हुए मस्तक उस नदीमें तिमि सदृश दिखायी देने
लगे। रुधिरके भीषण बहावसे वह नदी दुस्तर हो उठी ॥ ६१–६४ ॥ इस प्रकार यमके राष्ट्रकी अभिवृद्धि करनेवाली तथा दुर्निरीक्ष्य रुधिरनदीके प्रवाहित होनेपर कृष्णतनय प्रद्युम्न
उस सैन्यसमूहको उसीमें डुबाकर शत्रुहन्तापर बाणवर्षा करने लगे ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ तब शत्रुहन्ता भी अत्यधिक क्रुद्ध होकर उनपर बाण बरसाने लगा। उस बाणवर्षासे हृदयमें घाव लग
जानेपर भी प्रद्युम्न विचलित नहीं हुए, प्रत्युत उन्होंने मुमूर्षु शत्रुहन्ताका विनाश करनेके लिए एक शक्ति हाथमें ली ॥६७॥६८॥ वह देदीप्यमान शक्ति शत्रुहन्ताका हृदय विदीर्ण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके वज्रपात सदृश भयानक शब्द करती हुई जमीनपर गिर पड़ी ॥ ६९ ॥ उस प्रहारसे शत्रुहन्ताके सभी अङ्ग-प्रत्यङ्ग शिथिल हो गये और वह रुधिरका वमन करता हुआ मरकर धरतीपर लोट गया ॥ ७० ॥ शत्रुहन्ताको इस प्रकार निहत देखकर प्रमर्दन एक भयानक मुसल लेकर खड़ा हुआ और प्रद्युम्नको सम्बोधित करके बोला—॥ ७१ ॥ ओ दुर्बुद्धे ! इन सामान्य वीरोंके साथ युद्ध करके तू क्या पायेगा ? अरे रणप्रिय ! कुछ देर मेरे साथ लड़ तो देखूँ कि तू मुझसे किस तरह जीवित बचता है ॥७२॥ वृष्णिकुलमें उत्पन्न तुम्हारे पिता मेरे शत्रु हैं । तुम उनके पुत्र हो। अतएव पहले तुम्हें मारकर बादमें मैं तुम्हारे पिताका भी वध करूँगा ॥७३॥ अरे दुर्बुद्धे ! तेरे पिताके मरनेपर ही देवताओंका नाश होगा और शत्रुओंके नष्ट हो जानेपर सभी दैत्य और दानव आनन्दपूर्वक जीवन यापन करेंगे ॥७४॥ आज तुझे मारकर मैं तेरे रक्तसे शम्बरासुरके मरे हुए पुत्रोंका तर्पण करूँगा ॥७५॥ आज रणभूमिमें तुझ नवयुवक

हृदयं भित्त्वा शक्राशनिसमस्वना ॥ ६९ ॥ स भिन्नहृच्च स्रस्तांगो मुक्तमर्मास्थिबन्धनः ॥ पपात रुधिरोद्गारी शत्रुहन्ता महाबलः ॥ ७० ॥ पतितं
शत्रुहंतारं दृष्ट्वा तस्थौ प्रमर्दनः ॥ जग्राह मुसलं सोऽथ वचनं चेदमाददे ॥७१॥ तिष्ठ किं प्राकृतैरेभिः करिष्यसि रणप्रिय ॥ मां योधयस्व दुर्बुद्धे
ततस्त्वं न भविष्यसि ॥ ७२ ॥ वृष्णिवंशकुले जातः शत्रुरस्मत्पिता तव ॥ पुत्रं हंताऽस्म्यहं तस्य ततोऽसौ निहतो भवेत् ॥ ७३ ॥ मृतेन तेन दुर्बुद्धे
सर्वदेवक्षयो भवेत् ॥ दैतेया दानवाः सर्वे मोदन्तां हतशत्रवः ॥ ७४ ॥ हते त्वयि ममास्त्रेण त्वत्समुत्थैश्च शोणितैः ॥ शम्बरस्य तु पुत्राणां करो-
म्युदकसत्क्रियाम् ॥ ७५ ॥ अद्य सा भीष्मकसुता करुणं विलपिष्यति ॥ निहतं त्वां च श्रुत्वैव यौवनस्थं गतासुषम् ॥ ७६ ॥ स ते पिता चक्रधरो
निष्फलाशो भविष्यति ॥ हतं त्वां स विदित्वाऽथ प्राणांस्त्यक्ष्यति मन्दधीः ॥ ७७ ॥ इत्युक्त्वा परिघेणाशु ताडयद्रुक्मिणीसुतम् ॥ ताडितो हि
महातेजा रौक्मिणेयः प्रतापवान् ॥ ७८ ॥ दोर्भ्यामुत्क्षिप्य तस्यैव रथं मह्यां व्यचूर्णयत् ॥ सोऽवप्लुत्य रथात्तस्मात्पदातिरवतस्थिवान् ॥ ७९ ॥ तां
गदां गृह्य सहसा रौक्मिणेयमुपाद्रवत् ॥ तयैव गदया कामः प्रमर्दनमपोथयत् ॥८०॥ हते प्रमर्दने दैत्ये दृष्ट्वा सर्वे प्रदुद्रुवुः ॥ न शक्ताः प्रमुखे स्थातुं
सिंहत्रासाद्गजा इव ॥ ८१ ॥ सारमेयं यथा दृष्ट्वाऽविगणो वै पलायते ॥ तथा सेना विषीदन्ती प्रद्युम्नस्य भयार्दिता ॥ ८२ ॥ क्षतजादिग्धवस्त्रा वै

पुत्रके मरणका समाचार पाकर तेरी माता रुक्मिणी करुण स्वरमें विलाप करेगी ॥ ७६ ॥ आज तेरे पिता चक्रधर कृष्णको हताश होकर पुत्रशोकमें प्राण त्याग करना पड़ेगा ॥ ७७ ॥ हे महाराज ! ऐसा कहते-कहते प्रमर्दनने प्रद्युम्नके ऊपर परिघास्त्रका प्रहार कर दिया । इस प्रकार परिघास्त्रसे ताडित होते हुए भी प्रद्युम्नने अपने बाहुबलसे प्रमर्दनके रथको पटककर चूर्ण कर डाला । ऐसी स्थितिमें वह रथसे कूदकर पृथिवीपर खड़ा हो गया ॥७८॥७९॥ और गदा लेकर प्रद्युम्नपर झपटा । प्रद्युम्नने बलपूर्वक उससे गदा छीन ली और उसी गदासे ऐसा प्रहार किया कि प्रमर्दन सदाके लिए समाप्त हो गया ॥ ८० ॥ प्रमर्दनका मरण देखकर सिंहसे भयभीत हाथीके समान दानववर्ग भयसे समरभूमि छोड़-छोड़कर भागने लगे ॥८१॥ जैसे कुत्तेसे भयभीत होकर भेड़ोंका झुण्ड भागता है, उसी प्रकार प्रद्युम्नके भयसे सारी असुरसेना दहल उठी और हाहाकार करती हुई भाग चली ॥८२॥ वह दानवी सेना रक्तलिप्तवस्त्रा,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुक्तकेशा एवं नितान्त अशोभना रजस्वला स्त्रीके समान सर्वथा संकुचित हो गयी ॥ ८३ ॥ जिस प्रकार काम-बाणसे पीडित कोई कामिनी रतिसमरमें नितान्त निपीडित होकर दीर्घ निःश्वास छोड़ती हुई अपने घर जानेके लिए आतुर हो उठती है, उसके बाद वह क्षणभर भी वहाँ नहीं रुकना चाहती। उसी प्रकार दानवी सेना रणके वेगको सहनेमें असमर्थ होकर ऊर्ध्व श्वास लेती हुई रणभूमिसे भाग खड़ी हुई ॥ ८४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०७ ॥

(शम्बरवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर शंबरासुर अतिक्रुद्ध होकर अपने सारथीको संबोधित करके बोला—सारथे! तुम शीघ्र मेरे रथको शत्रुके संमुख उपस्थित करो ॥१॥ मैं शीघ्र अपने अहितकारी शत्रुको नष्ट करना चाहता हूँ। स्वामीका वचन सुनकर सारथिने रथमें जुते सुवर्णविभूषित भल्लूकोंको हाँका। शम्बरका रथ आते देखकर

मुक्तकेशा विशोभना ॥ रजस्वलेव युवतिः सेना समवगूहते ॥ ८३ ॥ मदनशरविभिन्ना सैनिकानभ्ययायाद्युवतिसदृशवेषा साध्वसैः पीड्यमाना ॥ रतिसमरमशक्ता वीक्षितुं सोच्छ्वसन्ती स्वगृहगमनकामा नेच्छते स्थातुमत्र ॥ ८४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शम्बरसैन्यभङ्गो नाम सप्ताधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०७ ॥

वैशम्पायन उवाच॥ शंबरस्तु ततः क्रुद्धः सूतमाह विशांपते ॥ शत्रुप्रमुखतो वीर रथं मे वाहय द्रुतम् ॥ १ ॥ यावदेनं शरैर्हन्मि मम विप्रियकारकम् ॥ ततो भर्तृवचः श्रुत्वा सूतस्तत्प्रियकारकः ॥ २ ॥ रथं सञ्चोदयामास चामीकरविभूषितम् ॥ तं दृष्ट्वा रथमायान्तं प्रद्युम्नः फुल्ललोचनः ॥ ३ ॥ संदधे चापमादाय शरं कनकभूषितम् ॥ तेनाहनत्सुसंक्रुद्धः कोपयञ्शंबरं रणे ॥ ४ ॥ हृदये ताडितस्तेन देवशत्रुः सुविक्लवः ॥ रथशक्तिं समाश्रित्य तस्थौ सोऽथ विचेतनः ॥ ५ ॥ स चेतनां पुनः प्राप्य धनुरादाय शम्बरः ॥ विव्याध कार्ष्णिं कुपितः सप्तभिर्निशितैः शरैः ॥६॥ तानप्राप्ताञ्शरान्सोऽथ सप्तभिः सप्तधाऽच्छिनत् ॥ शम्बरं च जघानाथ सप्तत्या निशितैः शरैः ॥७॥ पुनः शरसहस्रेण कङ्कबर्हिणवाससा ॥ अहनच्छंबरं क्रोधाद्धाराभिरिव पर्वतम् ॥ ८ ॥ प्रदिशो विदिशश्चैव शरधारासमावृताः ॥ स दिशो विदिशश्चैव शरधाराः समावृणोत् ॥ ९ ॥ अन्धकारीकृतं व्योम दिनकर्ता न दृश्यते ॥ ततोऽन्धकारमुत्सार्य वैद्युतास्त्रेण शम्बरः ॥ १० ॥ प्रद्युम्नस्य रथोपस्थे शरवर्षं मुमोच ह ॥ तदस्त्र-

प्रद्युम्नके नेत्र प्रसन्नतासे खिल गये और उन्होंने अपने धनुषपर कनकभूषित बाण चढ़ाया। तदनन्तर शंबरपर वह बाण चला दिया ॥ २–४ ॥ उस बाण द्वारा हृदयमें आघात लगनेसे शंबर अचेत होकर रथशक्तिके सहारे टिक गया ॥ ५ ॥ कुछ क्षणों बाद संज्ञालाभ होनेपर उसने फिर धनुष चढ़ाया और उससे सात तीक्ष्ण बाण बड़े क्रोधके साथ प्रद्युम्नपर छोड़े ॥६॥ वे बाण उनतक पहुँचे भी नहीं थे, उसी समय प्रद्युम्नने अपने सात बाणों द्वारा उसके बाणोंको छिन्न-भिन्न करके सत्तर बाणोंसे शंबरको बींध दिया ॥७॥ उसके बाद ही उन्होंने उसपर एक सहस्र बाणोंकी ऐसी वर्षा कर दी, जैसे इन्द्र पर्वतोंपर जलकी वर्षा करते हैं ॥८॥ प्रद्युम्नकी बाणवर्षासे सभी दिशा-विदिशायें ढँक गयीं और आकाशमें अन्धकार छा गया। सूर्यदेव सर्वथा अदृश्य हो गये। तब शम्बरासुरने वैद्युतास्त्रकी अवतारणा करके उस अन्धकारको दूर किया और अन्यान्य बाणोंकी वर्षा करके प्रद्युम्नके रथको ढाँक दिया। उस बाणसमूहको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रद्युम्न हस्तलाघव दिखलाते हुए अपने आनतपर्व बाणों द्वारा तत्काल छिन्न-भिन्न कर डाला। बाणोंके व्यर्थ हो जानेपर शम्बरासुर मायाबलसे उनपर वृक्षोंकी वर्षा करने लगा। इस प्रकार वृक्षोंकी वृष्टि देखकर प्रद्युम्न क्रोधान्ध हो उठे ॥९–१३॥ तत्काल उन्होंने अपने आग्नेयास्त्रसे उन वृक्षोंको भस्म कर दिया। वृक्षोंको भस्मीभूत देखकर शम्बरासुर शिलाखण्डोंकी वर्षा करने लगा ॥ १४ ॥ प्रद्युम्नने अपने वायव्य अस्त्रसे उसे भी शान्त कर दिया। तब शम्बरासुरने अपनी प्रबल मायाका विस्तार करके प्रद्युम्नके रथपर सिंह, व्याघ्र, वराह, भल्लूक, तरक्षु, वानर, मेघ जैसे हाथी, अश्व और उष्ट्र आदि पशुओंकी वर्षा करने लगा, किन्तु प्रद्युम्नने अपने गन्धर्वास्त्रसे उस मायाका भी अन्त कर दिया ॥ १५–१७ ॥ उस मायाको भी व्यर्थ होते देखकर शम्बरासुरने क्रोधान्ध होकर अन्य मायाकी सृष्टि की। उस मायाबलसे साठ वर्षके युवक तथा बड़े-बड़े दाँतोंवाले हाथी उत्पन्न हो गये। उन सबपर महावत बैठे थे और वे हाथी पूर्ण

जालं प्रद्युम्नः शरेणानतपर्वणा ॥ ११ ॥ चिच्छेद बहुधा राजन्दर्शयन्पाणिलाघवम् ॥ हते तस्मिन्महावर्षे शराणां कार्ष्णिना तदा ॥ १२ ॥ द्रुमवर्षं
मुमोचाथ मायया कालशम्बरः ॥ द्रुमवर्षोच्छ्रितं दृष्ट्वा प्रद्युम्नः क्रोधमूर्च्छितः ॥ १३ ॥ आग्नेयास्त्रं मुमोचाथ तेन वृक्षाननाशयत् ॥ भस्मीभूते
वृक्षवर्षे शिलासंघातमुत्सृजत् ॥ १४ ॥ प्रद्युम्नस्तं तु वायव्यैः प्रोत्सारयत संयुगे ॥ ततो मायां परां चक्रे देवशत्रुः प्रतापवान् ॥ १५ ॥
सिंहान्व्याघ्रान्वराहांश्च तरक्षूनृक्षवानरान् ॥ वारणान्वारिदप्रख्यान्हयानुष्ट्रान्विशांपते ॥१६॥ मुमोच धनुरायम्य प्रद्युम्नस्य रथोपरि ॥ गान्धर्वास्त्रेण
चिच्छेद सर्वांस्तान्खण्डशस्तदा ॥ १७ ॥ प्रद्युम्नेन तु सा माया हता तां वीक्ष्य शंबरः ॥ अन्यां मायां मुमोचाथ शंबरः क्रोधमूर्च्छितः ॥१८॥
गजेन्द्रान्भिन्नवदनान्षष्टिहायनयौवनान् ॥ महामात्रोत्तमारूढान्कल्पितान्रणकोविदान् ॥ १९ ॥ तामापतन्तीं मायां तु कार्ष्णिः कमललोचनः ॥
सैंहीं मायां समुत्स्रष्टुं चक्रे बुद्धिं महामनाः ॥ २० ॥ सा सृष्टा सिंहमाया तु रौक्मिणेयेन धीमता ॥ माया नागवती नष्टा आदित्येनेव शर्वरी
॥ २१ ॥ निहतां हस्तिमायां तु तां समीक्ष्य महासुरः ॥ अन्यां संमोहिनीं मायां सोऽसृजद्दानवोत्तमः ॥ २२ ॥ तां दृष्ट्वा मोहिनीं नाम मायां
मयविनिर्मिताम् ॥ संज्ञास्त्रेण तु प्रद्युम्नो नाशयामास वीर्यवान् ॥ २३ ॥ शम्बरस्तु ततः क्रुद्धो हतया मायया तदा ॥ सैंहीं मायां महातेजाः
सोऽसृजद्दानवेश्वरः ॥ २४ ॥ सिंहानापततो दृष्ट्वा रौक्मिणेयः प्रतापवान् ॥ अस्त्रं गान्धर्वमादाय शरभानसृजत्तदा ॥ तेऽष्टापदा बलोदग्रा
नखदंष्ट्रायुधा रणे ॥ २५ ॥ सिंहान्विद्रावयामासुर्वायुर्जलधरानिव ॥ सिंहान्विद्रवतो दृष्ट्वा माययाष्टापदेन वै ॥ २६ ॥ शम्बरश्चिन्तयामास कथमेनं

रणनिपुण थे ॥ १८ ॥ १९ ॥ उस मायाको अपनी ओर आती देखकर प्रद्युम्नने सैंही मायाकी सृष्टि की। उनकी सैंही मायाका विस्तार होते ही वह हस्तिमयी माया उसी प्रकार अन्तर्हित हो गयी, जैसे सूर्योदय होनेपर रात्रि तिरोहित हो जाती है ॥२०॥२१॥ हस्तिमायाके नष्ट हो जानेपर शम्बरासुरने सम्मोहनी मायाकी सृष्टि की। तब प्रद्युम्नने संज्ञास्त्रका प्रयोग करके उस सम्मोहनी मायाका नाश कर दिया ॥ २२ ॥ २३ ॥ इससे शम्बरासुरने क्षुब्ध होकर सैंही मायाकी सृष्टि की। उन मायामय सिंहोंका अपनी ओर आते देखकर प्रद्युम्नने शरभी मायाकी सृष्टि कर दी, जिनसे उत्पन्न दन्तनखायुधधारी अष्टापदोंने सिंहोंको उसी तरह मार भगाया जैसे वायु मेघोंको उड़ा देता है। उस शरभी माया द्वारा सिंहोंको अन्तर्हित देखकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शम्बरासुर मन ही मन सोचने लगा कि इसे मारनेका अब कौन उपाय किया जाय। बाल्यकालमें ही इसे न मारकर मैंने बड़ी मूर्खता की ॥ २४–२७ ॥ अब तो यह दुरात्मा युवा और शस्त्रास्त्रमें प्रवीण हो गया है। अतएव समरभूमिमें मैं इसका विनाश कैसे कर सकूँगा ॥२८॥ तो भी अभी मेरे पास एक पन्नगी माया विद्यमान है। जिसे असुरघाती देवादिदेव शंकर भगवानने मुझे दिया था ॥२९॥ अतएव अब वही शिवप्रदत्त तथा सर्पसमाकीर्ण महामायाकी सृष्टि करूँ। ऐसा करनेपर यह पापी उसी विषकी ज्वालामें जलकर प्राण त्याग देगा ॥३०॥ ऐसा विचार करके शम्बरने उस नागमायाकी सृष्टि कर दी। उसमेंसे निकले हुए सर्पोंने रथ, घोड़ों तथा सारथी समेत प्रद्युम्नको लपेट लिया। नागपाशमें जकड़कर वे बहुत उद्विग्न हो उठे और उन्होंने तत्काल सर्पनाशिनी सौपर्णी मायाकी अवतारणा की। इससे अगणित गरुड़ विचरने लगे और तत्क्षण सभी सर्प नष्ट हो गये। इस प्रकार शम्बरकी नागमयी माया भी नष्ट हो जानेपर

निहन्मि वै ॥ अहो मूर्खस्वभावोऽहं यन्मया न हतः शिशुः ॥ २७ ॥ प्राप्तयौवनदेहस्तु कृतास्त्रश्चापि दुर्मतिः ॥ तत्कथं निहनिष्यामि शत्रुं
रणशिरःस्थितम् ॥ २८ ॥ माया सा तिष्ठते तीव्रा पन्नगी नाम भीषणा ॥ दत्ता मे देवदेवेन हरेणासुरघातिना ॥ २९ ॥ तां सृजामि महामायामा-
शीविषसमाकुलाम् ॥ तया दह्येत दुष्टात्मा ह्येष मायामयो बली ॥ ३० ॥ सा सृष्टा पन्नगी माया विषज्वालासमाकुला ॥ तया पन्नगमय्या तु सरथं
सहवाजिनम् ॥ ३१ ॥ ससूतं स हि प्रद्युम्नं बबन्ध शरबन्धनैः ॥ बध्यमानं तया दृष्ट्वा आत्मानं वृष्णिवंशजः ॥ ३२ ॥ मायां संचिन्तयामास
सौपर्णीं सर्पनाशिनीम् ॥ सा चिन्तिता महामाया प्रद्युम्नेन महात्मना ॥ ३३ ॥ सुपर्णा विचरन्ति स्म सर्पा नष्टा महाविषाः ॥ भग्नायां सर्पमायायां
प्रशंसन्ति सुरासुराः ॥ ३४ ॥ साधु वीर महाबाहो रुक्मिण्यानन्दवर्धन ॥ यत्त्वया धर्षिता माया तेन स्म परितोषिताः ॥ ३५ ॥ हतायां सर्प-
मायायां शम्बरोऽचिन्तयत्पुनः ॥ अस्ति मे कालदण्डाभो मुद्गरो हेमभूषितः ॥ ३६ ॥ तमप्रतिहतं युद्धे देवदानवमानवैः ॥ पुरा यो मम पार्वत्या
दत्तः परमतुष्टया ॥ ३७ ॥ गृहाण शम्बरेमं त्वं मुद्गरं हेमभूषितम् ॥ मया सृष्टं स्वदेहे वै तपः परमदुश्चरम् ॥ ३८ ॥ मायान्तकरणं नाम सर्वासुर-
विनाशनम् ॥ अनेन दानवौ रौद्रौ बलिनौ कामरूपिणौ ॥ ३९ ॥ शुम्भश्चैव निशुम्भश्च सगणौ सूदितौ मया ॥ प्राणसंशयमापन्ने त्वया मोक्ष्यः स
शत्रवे ॥४०॥ इत्युक्त्वा पार्वती देवी तत्रैवान्तरधीयत ॥ तदहं मुद्गरं श्रेष्ठं मोचयिष्यामि शत्रवे ॥४१॥ तस्य विज्ञाय चित्तं तु देवराजोऽभ्यभाषत ॥

देवताओं तथा दानवोंने प्रद्युम्नकी भूरि-भूरि प्रशंसा की ॥३१–३४॥ वे कहने लगे—हे रणवीर ! तुम्हारा युद्धकौशल तथा मायानाश देखकर हमें बड़ी प्रसन्नता हुई ॥३५॥ इधर शम्बरासुर सर्पमायाके नष्ट हो जानेपर मन ही मन सोचने लगा कि आजके बहुत दिनों पहले भगवती पार्वतीने परम प्रसन्न होकर मुझे कालदण्डके समान भीषण और स्वर्णविभूषित एक मुद्गर दिया था। युद्धमें देवता, दानव और मानव कोई उसके वेगको नहीं सह सकता ॥३६॥३७॥ वह मुद्गर प्रदान करते समय भगवतीने कहा था—वत्स शम्बर ! मैंने दुष्कर तप करके इस हेमभूषित मुद्गरकी सृष्टि की है। इसका नाम है—मायान्तकरण। यह सभी असुरोंको नष्ट कर सकता है। इस मुद्गरकी सहायतासे ही मैंने इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले, भयानक तथा महाबली शुम्भ-निशुम्भ नामके दोनों दानवोंका सपरिवार विनाश किया था। प्राणसंकटके अवसरपर ही तुम इस मुद्गरका प्रयोग करना ॥ ३८–४० ॥ इतना कहकर भगवती वहाँ ही अन्तर्धान हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गयीं। सो अब मैं इस श्रेष्ठ मुद्गरको अपने शत्रु प्रद्युम्नपर प्रयुक्त करूँगा ॥ ४१ ॥ उसी समय देवराज इन्द्रने उस असुरका ऐसा अभिप्राय जानकर देवर्षि नारदसे कहा—मुनिवर! आप शीघ्र प्रद्युम्नके रथके पास जाइए ॥ ४२ ॥ वहाँ जाकर उनके पूर्वजन्मका वृत्तान्त स्मरण कराके शम्बरासुरके विनाशार्थ उन्हें अभेद्य कवच तथा वैष्णवास्त्र प्रदान कर दीजिए। देवराजके ऐसा कहते ही नारदजी चल पड़े ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ वहाँ जा और आकाशमण्डलमें स्थित होकर उन्होंने कहा—"कुमार! मैं देवताओं तथा गन्धर्वोंमें विख्यात नारद हूँ। देवराज इन्द्रने मुझे आपके पास भेजा है। सर्वप्रथम आप अपने पूर्वजन्मका वृत्तान्त स्मरण करिए। आप पूर्वजन्ममें कामदेव थे। श्रीशिवजीके कोपानलमें भस्म होकर अनङ्ग हो गये ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ इस समय आपने वृष्णिवंशमें श्रीकृष्णके पुत्ररूपमें महारानी रुक्मिणीके गर्भसे जन्म लिया है। संसारमें लोग आपको प्रद्युम्न कहते हैं ॥ ४७ ॥ जन्मसे सातवें दिन शंबरासुर आपको

गच्छ नारद शीघ्रं त्वं प्रद्युम्नस्य रथं प्रति ॥ ४२ ॥ संबोधय महाबाहुं पूर्वजातिं च मोक्षय ॥ वैष्णवास्त्रं प्रयच्छास्मै वधार्थं शंबरस्य च ॥ ४३ ॥ अभेद्यं कवचं चास्य प्रयच्छासुरसूदने ॥ एवमुक्तो मघवता नारदः प्रययौ त्वरम् ॥ ४४ ॥ आकाशेऽधिष्ठितोऽवोचन्मकरध्वजकेतनम् ॥ कुमार पश्य मां प्राप्तं देवगन्धर्वनारदम् ॥ प्रेषितं देवराजेन तव संबोधनाय वै ॥ ४५ ॥ स्मर त्वं पूर्वकं भावं कामदेवोऽसि मानद ॥ हरकोपानलादग्ध-स्तेनानङ्ग इहोच्यसे ॥ ४६ ॥ त्वं वृष्णिवंशजातोऽसि रुक्मिण्या गर्भसंभवः ॥ जातोऽसि केशवेन त्वं प्रद्युम्न इति कीर्त्यसे ॥ ४७ ॥ आहृत्य शंबरेण त्वमिहानीतोऽसि मानद ॥ सप्तरात्रे त्वसंपूर्णे सूतिकागारमध्यतः ॥ ४८ ॥ वधार्थं शंबरस्य त्वं ह्रियमाणो ह्युपेक्षितः ॥ केशवेन महाबाहो देव-कार्यार्थसिद्धये ॥ ४९ ॥ यैषा मायावती नाम भार्या वै शंबरस्य तु ॥ रतिं तां विद्धि कल्याणीं तव भार्यां पुरातनीम् ॥ ५० ॥ तव संरक्षणार्थाय शंबरस्य गृहेऽवसत् ॥ मायां शरीरजां तस्य मोहनार्थं दुरात्मनः ॥ ५१ ॥ रतेः संपादनार्थाय प्रेषयत्यनिशं तदा ॥ एवं प्रद्युम्न बुद्ध्वा वै तव भार्या प्रतिष्ठिता ॥ ५२ ॥ हत्वा त्वं शंबरं वीर वैष्णवास्त्रेण संयुगे ॥ गृह्य मायावतीं भार्यां द्वारकां गन्तुमर्हसि ॥ ५३ ॥ गृहाण वैष्णवं चास्त्रं कवचं च महाप्रभम् ॥ शक्रेण तव संगृह्य प्रेषितं शत्रुसूदन ॥ ५४ ॥ शृणु मे ह्यपरं वाक्यं क्रियतामविशङ्कया ॥ अस्य देवरिपोस्तात मुद्गरो नित्य-मूर्जितः ॥ ५५ ॥ पार्वत्यां परितुष्टायां दत्तः शत्रुनिर्बर्हणः ॥ अमोघश्चैव संग्रामे देवदानवमानवैः ॥ ५६ ॥ तदस्त्रप्रविघातार्थं देवीं त्वं स्मर्तुमर्हसि ॥

सूतिकागृहसे उठा लाया था ॥ ४८ ॥ भगवान् कृष्ण सब भेद जानते थे, किन्तु शंबरासुरके वध तथा देवकार्यकी सिद्धिके लिए उन्होंने उपेक्षाभावका प्रदर्शन किया था ॥ ४९ ॥ शंबरकी भार्या मायावती आपके पूर्व जन्मकी स्त्री है। केवल आपकी रक्षाके लिए ही उस दैत्यको मोहमें डालकर उसके घरमें रह रही है ॥ ५० ॥ ५१ ॥ आपके पूर्वजन्मकी भार्या रति ही इस समय नित्य आपकी सेवा कर रही है। हे प्रद्युम्न! इस जन्ममें भी यह आपकी स्त्री ही है ॥ ५२ ॥ अतएव आप इस वैष्णवास्त्रसे शंबरासुरका विनाश करके मायावतीके साथ द्वारकापुरीको प्रस्थान करिए ॥ ५३ ॥ मैं आपको महातेजस्वी कवच तथा वैष्णवास्त्र प्रदान कर रहा हूँ, इसे स्वीकार करिए। आपको देनेके लिए ही देवराज इन्द्रने इन्हें भेजा है ॥ ५४ ॥ मैं एक बात और बताये जा रहा हूँ। उसे अवश्य करिएगा। इस असुरके पास एक भयानक मुद्गर है। कोई भी देवता, दानव या मानव उसका निवारण करनेमें समर्थ नहीं हो सकता। भगवती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पार्वतीने प्रसन्न होकर उसे वह मुद्गर दिया था ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ अतएव उस अस्त्रका प्रतीकार करनेके लिए आप देवी पार्वतीका स्मरण, स्तुति और नमस्कार करें। प्रत्येक योद्धाको ऐसा करना चाहिए ॥ ५७ ॥ अच्छा, अब आप युद्धके प्रयत्नमें लगिए।" ऐसा कहकर देवर्षि नारद इन्द्रके पास लौट गये ॥ ५८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां अष्टोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०८ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर शंबरासुरने क्रुद्ध होकर वह भीषण मुद्गर सम्हाला। उस समय मुद्गरकी प्रभा देखकर ऐसा ज्ञात हुआ कि मानो बारह सूर्य एक साथ उदित हो गये हों ॥ १ ॥ पृथिवी तथा सभी पर्वत कंपित हो उठे। समुद्र अपनी मर्यादा लाँघकर बह चले और देवता उद्विग्न हो गये ॥ २ ॥ आकाशमें गृध्रोंका झुण्ड मँडराने

स्तव्या चैव नमस्या च महादेवी रणोत्सुकैः ॥ ५७ ॥ तत्र वै क्रियतां यत्नः संग्रामे रिपुणा सह ॥ इत्युक्त्वा नारदो वाक्यं प्रययौ यत्र वासवः ॥ ५८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि नारदवाक्यं नाम अष्टाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ शंबरस्तु ततः क्रुद्धो मुद्गरं तं समाददे ॥ मुद्गरं गृह्यमाणे तु द्वादशार्काः समुत्थिताः ॥ १ ॥ पर्वताश्चलिताः सर्वे तथैव वसुधातलम् ॥ उन्मार्गाः सागरा याताः संक्षुब्धाश्चापि देवताः ॥ २ ॥ गृध्रचक्राकुलं व्योम उल्कापातो बभूव ह ॥ ववर्ष रुधिरं देवः परुषं पवनो ववौ ॥ ३ ॥ एवं दृष्ट्वा महोत्पातान्प्रद्युम्नः स त्वरान्वितः ॥ अवतीर्य रथाद्वीरः कृताञ्जलिपुटः स्थितः ॥ ४ ॥ देवीं सस्मार मनसा पार्वतीं शङ्करप्रियाम् ॥ प्रणम्य शिरसा देवीं स्तोतुं समुपचक्रमे ॥५॥ प्रद्युम्न उवाच ॥ ॐ नमः कात्यायन्यै गिरीशायै नमो नमः ॥ नमस्त्रैलोक्यमायायै कात्यायन्यै नमो नमः ॥६॥ नमः शत्रुविनाशिन्यै नमो गौर्यै शिवप्रिये ॥ नमस्ये शुम्भमथनीं निशुंभमथनीमपि ॥७॥ कालरात्रि नमस्तुभ्यं कौमार्यै च नमो नमः ॥ कान्तारवासिनीं देवीं नमस्यामि कृताञ्जलिः ॥ ८ ॥ विन्ध्यवासिनीं दुर्गघ्नां रणदुर्गां रणप्रियाम् ॥ नमस्यामि महादेवीं जयां च विजयां तथा ॥ ९ ॥ अपराजितां नमस्येऽहमजितां शत्रुनाशिनीम् ॥ घण्टाहस्तां नमस्यामि घण्टामालाकुलां तथा ॥ १० ॥ त्रिशूलिनीं नमस्यामि महिषासुरघातिनीम् ॥ सिंहासनां नमस्यामि सिंहप्रवरकेतनाम् ॥ ११ ॥ एकानंशां नमस्यामि गायत्रीं यज्ञसत्कृताम् ॥ सावित्रीं चापि

लगा। उल्कापातके साथ-साथ रुधिरकी वर्षा होने लगी। पवन वेगके साथ बहने लगा ॥ ३ ॥ महात्मा प्रद्युम्न इन अपशकुनोंको देखकर रथसे उतर पड़े और हाथ जोड़कर शंकरप्रिया भगवती पार्वतीका स्मरण किया। तदनन्तर नतमस्तक होकर प्रणाम करनेके बाद स्तुति करने लगे ॥ ४ ॥ ५ ॥ प्रद्युम्न बोले—हे देवि कात्यायनि! हे कार्तिकेयकी माता! आप समस्त त्रिलोकीकी माया हैं। आपको नमस्कार है ॥ ६ ॥ आप शत्रुविनाशिनी, गौरी, शिवप्रिया, शुम्भमथनी और निशुंभमथनी हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ७ ॥ आप कालरात्रि, कौमारी और कान्तारवासिनी हैं। मैं हाथ जोड़कर आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ८ ॥ आप विन्ध्यवासिनी, दुर्गतिनाशिनी, रणदुर्गा, रणप्रिया, जया और विजया हैं। आप महादेवीको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ९ ॥ आप अपराजिता, अजिता, शत्रुनाशिनी, घण्टाहस्ता और घण्टामाला हैं। आपको नमस्कार है ॥ १० ॥ आप त्रिशूलिनी, महिषासुरघातिनी,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सिंहारना और सिंहचेतना हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ११ ॥ आप एकानंशा, यज्ञों द्वारा सत्कृत गायत्री एवं ब्राह्मणोंकी सावित्री हैं। अतएव मैं आपको हाथ जोड़कर नमस्कार करता हूँ ॥ १२ ॥ हे देवि! आप सदा मेरी रक्षा करें और इस संग्राममें मुझे विजयी बनायें। हे महाराज! भगवती दुर्गा प्रद्युम्नकी स्तुति सुनकर बहुत प्रसन्न हुईं ॥ १३ ॥ उन्होंने परम सन्तुष्ट होकर कहा—हे महाबाहो! हे रुक्मिणीनन्दन! देखो-देखो, मैं आ गयी हूँ ॥ १४ ॥ हे वत्स! मेरा आगमन निरर्थक नहीं होता। अतएव तुम मुझसे वर माँगो। भगवतीका वचन सुनकर प्रद्युम्नको रोमाञ्च हो आया ॥ १५ ॥ उन्होंने प्रणाम करके कहा—"हे वरदायिनी भगवती! यदि वास्तवमें आप मुझपर प्रसन्न हों तो मुझे मेरी इच्छानुसार वर प्रदान करिए ॥१६॥ हे माता! मैं यही वर चाहता हूँ कि अपने सभी शत्रुओंपर विजय प्राप्त कर लूँ। आपने शम्बरको जो आत्मसंभव मुद्गर प्रदान किया है, वह मेरे शरीरका स्पर्श होते ही कमलमयी

विप्राणां नमस्येऽहं कृताञ्जलिः ॥ १२ ॥ रक्ष मां देवि सततं संग्रामे विजयं कुरु ॥ इति कामवचस्तुष्टा दुर्गा संप्रीतमानसा ॥ १३ ॥ उवाच वचनं देवी सुप्रीतेनान्तरात्मना ॥ पश्य पश्य महाबाहो रुक्मिण्यानन्दवर्द्धन ॥ १४ ॥ वरं वरय वत्स त्वममोघं दर्शनं मम ॥ देव्यास्तु वचनं श्रुत्वा रोमाञ्चोद्गतमानसः ॥ १५ ॥ प्रणम्य शिरसा देवीं विज्ञप्तुमुपचक्रमे ॥ यदि त्वं देवि तुष्टाऽसि दीयतां मे यदीप्सितम् ॥ १६ ॥ वरं च वरदे याचे सर्वामित्रेषु मे जयः ॥ यस्त्वया मुद्गरो दत्तः शम्बरस्यात्मसंभवः ॥ १७ ॥ एष मे गात्रमासाद्य माला पद्मवती भवेत् ॥ तथास्त्विति च साऽप्युक्त्वा तत्रैवान्तरधीयत ॥ १८ ॥ प्रद्युम्नस्तु महातेजास्तुष्टो रथमथारुहत् ॥ मुद्गरं तं गृहीत्वा च शम्बरः क्रोधमूर्च्छितः ॥ १९ ॥ भ्रामयित्वा स चिक्षेप प्रद्युम्नोरसि वीर्यवान् ॥ स गत्वा मदनाभ्याशं माला भूत्वा तु पौष्करी ॥ २० ॥ प्रद्युम्नस्य च कण्ठे तु समासक्ता व्यराजत ॥ नक्षत्राणां तु मालायां यथा परिवृतो विधुः ॥२१॥ ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ साधु साध्विति वाचोभिः पूजयन्केशवात्मजम् ॥ २२ ॥ मुद्गरं पुष्पभूतं तु दृष्ट्वा प्रद्युम्नसन्निधौ ॥ वैष्णवं परमास्त्रं तु नारदेन यदाहृतम् ॥ २३ ॥ संदधे चापमानम्य इदं वचनमब्रवीत् ॥ यद्यहं रुक्मिणीपुत्रः केशवस्यात्मजो ह्यहम् ॥ २४ ॥ तेन सत्येन बाणेन जहि त्वं शंबरं रणे ॥ इत्युक्त्वा चापमाकृष्य सन्धाय च महामनाः ॥ २५ ॥ चिक्षेप शंबरस्याथ दहँल्लोकत्रयं यथा ॥ स क्षिप्तो वृष्णिसिंहेन शरः क्रव्यादमोहनः ॥ २६ ॥ हृदयं शंबरस्याथ भित्त्वा धरणिमागतः ॥ न चास्य मांसं न

माला हो जाय।" तब भगवती 'तथास्तु' कहकर वहाँ ही अन्तर्धान हो गयीं ॥ १७ ॥ १८ ॥ महातेजस्वी प्रद्युम्न भी परम प्रसन्न मनसे अपने रथपर आरूढ़ हो गये। उसी समय क्रोधाकुल शम्बरासुरने वह भीषण मुद्गर घुमाकर प्रद्युम्नकी छातीपर प्रहार कर दिया। उनके वक्षःस्थलसे मुद्गरका स्पर्श होते ही वह पद्ममयी माला बनकर सुशोभित होने लगा। उस समय प्रद्युम्न नक्षत्रमालासे विभूषित चन्द्रमाके समान सुन्दर दीखने लगे ॥ १९–२२ ॥ उस मुद्गरको कमलमालाके रूपमें परिणत देखकर देवता, गन्धर्व, सिद्ध तथा परमर्षिगण उन्हें धन्यवाद देने लगे। इधर प्रद्युम्नने देवर्षि नारद जो परमास्त्र दे गये थे, उसे अपने धनुषपर चढ़ाकर कहा—'हे बाण! यदि मैं रुक्मिणीका पुत्र होऊँ, यदि मैं भगवान कृष्णका औरस पुत्र होऊँ तो तुम इस समय समरभूमिमें शंबरासुरको मार डालो।' ऐसा कहकर उन्होंने धनुषपर उस बाणका सन्धान करके शत्रुपर छोड़ दिया। उस बाणकी दीप्तिसे जैसे सारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्रिलोकी जलने लगी । उस समय आममांसभोजी पशुओंका हर्षवर्द्धक वह बाण शंबरासुरका वक्षःस्थल विदीर्ण करके पृथिवीपर गिर पड़ा । उस समय शंबरासुरके शरीरमें मांस, अस्थि, शिरा, चर्म तथा रक्तका लेश भी नहीं रह गया । उस अस्त्रके तेजसे शंबरासुरका सारा शरीर जलकर भस्म हो गया । इस प्रकार उस महाकाय दानवके मर जानेपर देवता और गन्धव बहुत प्रसन्न हुए और उर्वशी, मेनका, रंभा, विप्रचित्ति प्रभृति अप्सरायें आनन्दित होकर नाचने लगीं । स्थावर-जङ्गमात्मक सारा जगत् स्वस्थ हो गया । स्वयं देवराज एवं सभी देवता अत्यधिक आनन्दित होकर प्रद्युम्नपर पुष्पवर्षा करने लगे ॥ २३–३० ॥ हे महाराज ! वासुदेवतनय प्रद्युम्नके इस प्रकार वैष्णवास्त्र द्वारा दैत्येन्द्र शंबरासुरको समरभूमिमें नष्ट कर देनेपर देवताओंका शत्रुभय दूर हो गया । अब वे मकरकेतन कामदेवकी सराहना करते हुए अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ ३१ ॥ इधर वीर प्रद्युम्न भी प्रियतमा पत्नीके समान

स्नायुर्नास्थि न त्वङ्न शोणितम् ॥ २७ ॥ सर्वं तद्भस्मसाद्भूतं वैष्णवास्त्रस्य तेजसा ॥ हते दैत्ये महाकाये दानवे शंबरेऽधमे ॥ २८ ॥ जहृषुर्देव-गन्धर्वा ननृतुश्चाप्सरोगणाः ॥ उर्वशी मेनका रंभा विप्रचित्तिस्तिलोत्तमा ॥ २९ ॥ ननृतुर्हृष्टमनसो जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥ देवराजस्तु सुप्रीतः सर्व-देवगणैः सह ॥ प्रद्युम्नं पुष्पवर्षेण तमभ्यर्च्य प्रहृष्टवत् ॥३०॥ अथ समरहते तु दैत्यराजे मधुमथनस्य सुतेन वैष्णवास्त्रैः ॥ विगतरिपुभयाः सुराश्च जग्मुर्मकरविभूषणकेतनं स्तुवन्तः ॥ ३१ ॥ स च समरपरिश्रमं वहन्वै नगरमुखं प्रविवेश रौक्मिणेयः ॥ प्रियतम इव कान्तया प्रहृष्टस्त्वरितपदं रतिदर्शनं चकार ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि शंबरवधो नाम नवाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ समाप्तमायो मायाज्ञो विक्रान्तः समरेऽव्ययः ॥ अष्टम्यां निहतो युद्धे मायावी कालशंबरः ॥ १ ॥ तमृक्षवन्ते नगरे निहत्यासुरसत्तमम् ॥ गृह्य मायावतीं देवीमागच्छन्नगरं पितुः ॥ २ ॥ सोऽन्तरिक्षगतो भूत्वा मायावी शीघ्रविक्रमः ॥ आजगाम पुरीं रम्यां रक्षितां तेजसा पितुः ॥ ३ ॥ सोऽन्तरिक्षान्निपतितः केशवान्तःपुरे शिशुः ॥ मायावत्या सह तया रूपवानिव मन्मथः ॥ ४ ॥ तस्मिंस्तत्रावपतिते महिष्यः केशवस्य याः ॥ विस्मिताश्चैव हृष्टाश्च भीताश्चैवाभवंस्ततः ॥ ५ ॥ ततस्तं कामसंकाशं कान्तया सह सङ्गतम् ॥ प्रेक्षन्त्यो हृष्टवदनाः पिबन्त्यो नय-

जयश्रीसे युक्त होकर उसी रणवेशमें नगरीमें प्रविष्ट हुए और रतिसे मिले ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि भाषाटीकायां नवाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०९ ॥

(प्रद्युम्नका द्वारकागमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! दैत्यराज शंबर असाधारण रणपराक्रमी और परम मायावी था । किन्तु इस समय उसकी सारी माया नष्ट हो गयो । उसने अष्टमी तिथिको देहत्याग किया ॥ १ ॥ इस प्रकार प्रद्युम्नने ऋक्षवन्त नगरमें शंबरासुरका वध करके मायावतीके साथ आकाशमार्गसे अपने पिताके प्रभावसे सुरक्षित द्वारकापुरीमें जा पहुँचे ॥२॥३॥ मूर्तिमान् कन्दर्पके समान सुन्दर प्रद्युम्न मायावतीको साथ लिये हुए नभमार्गसे भगवान कृष्णके अन्तःपुरमें गये ॥ ४ ॥ उन्हें वहाँ उपस्थित देखकर भगवान कृष्णकी पत्नियोंके मनमें हर्ष, भय और विस्मय तीनोंका एक साथ उदय हुआ ॥ ५ ॥ वे स्त्रियाँ रतिके साथ विराजमान कामदेवके समान सुन्दर प्रद्युम्नको देखकर हर्षभरे नेत्रोंसे उनके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रूपमाधुर्यका पान करती हुई एकटक निहारती ही रह गयीं ॥ ६ ॥ तदनन्तर वे उन्हें नितान्त विनीत, लज्जालुमुख, पद-पदपर संकोचका अनुभव करते तथा उनके सब अङ्गोंमें श्रीकृष्णका सादृश्य देखकर पुलकित हो गयीं ॥ ७ ॥ पुत्रशोकातुरा महारानी रुक्मिणी उन्हें देखते ही शोकार्त होकर आँसूभरे नयनोंसे अपनी सौतोंकी ओर निहारती हुई कहने लगीं—॥ ८ ॥ "आज पिछली रातको मैंने स्वप्न देखा है कि भगवान् कृष्णने मुझे गोदमें बिठालकर चन्द्रमाकी किरणोंके समान अतिशय सुन्दर एक मुक्ताहार मेरे गलेमें पहना दिया है ॥ ९ ॥ १० ॥ दूसरे ही क्षण एक श्यामवर्णा, शुभ्रवेशधारिणी, मनोहरकेशा एवं सर्वाङ्गसुन्दरी एक महिला मेरी ओर निहारती हुई हाथमें कमलपुष्पकी माला लिये मेरे घरमें प्रविष्ट हो गयी है ॥ ११ ॥ उसने सुशीतल जलसे नहलाकर मेरा माथा सूँघा और मेरे गलेमें वह कमलकी माला पहना दी।" इस प्रकार बड़ी प्रसन्नताके साथ सखियोंके समक्ष स्वप्नका वृत्तान्त

नोत्सवम् ॥ ६ ॥ तं व्रीडितमुखं दृष्ट्वा लज्जमानं पदे पदे ॥ अभवन्स्निग्धसङ्कल्पाः सर्वास्ताः कृष्णयोषितः ॥ ७ ॥ रुक्मिणी चैव तं दृष्ट्वा शोकार्ता पुत्रगर्द्धिनी ॥ सपत्नीशतसङ्कीर्णा सबाष्पा वाक्यमब्रवीत् ॥ ८ ॥ यादृक्स्वप्नो मया दृष्टो निशायां यौवने गते ॥ कंसारिणा ममानीय दत्तं साहारपल्लवम् ॥ ९ ॥ शशिरश्मिप्रतीकाशं मुक्तादामविभूषितम् ॥ केशवेनांकमारोप्य मम कण्ठे न्यबध्यत ॥ १० ॥ श्यामा सुचारुकेशा स्त्री शुक्लांबरविभूषिता ॥ पद्महस्ता निरीक्षन्ती प्रविष्टा मम वेश्मनि ॥ ११ ॥ तया पुनरहं गृह्य स्नापिता रुचिरांबुना ॥ कुशेशयमयीं मालां स्त्री संगृह्याथ पाणिना ॥ १२ ॥ मम मूर्धन्युपाघ्राय दत्त्वा स्वच्छा तया मम ॥ एवं स्वप्नान्कीर्तयन्ती रुक्मिणी हृष्टमानसा ॥ १३ ॥ सखीजनवृता देवी कुमारं वीक्ष्य तं मुहुः ॥ धन्यायाः खल्वयं पुत्रो दीर्घायुः प्रियदर्शनः ॥ १४ ॥ ईदृशः कामसंकाशो यौवने प्रथमे स्थितः ॥ जीवपुत्रा त्वया पुत्र काऽसौ भाग्यसमन्विता ॥ १५ ॥ किमर्थं चांबुदश्यामः सभार्यस्त्वमिहागतः ॥ अस्मिन्वयसि सुव्यक्तं प्रद्युम्नो मम पुत्रकः ॥ १६ ॥ भवेद्यदि न नीतः स्यात्कृतान्तेन बलीयसा ॥ व्यक्तं वृष्णिकुमारस्त्वं न मिथ्या मम तर्कितम् ॥ १७ ॥ विज्ञातोऽसि मया चिह्नैर्विना चक्रं जनार्दनः ॥ मुखं नारायणस्येव केशाः केशान्त एव च ॥ १८ ॥ ऊरू वक्षो भुजौ तुल्यौ हलिनः श्वशुरस्य मे ॥ कस्त्वं वृष्णिकुलं सर्वं द्योतयन्वपुषा स्थितः ॥१९॥ अहो नारायणस्येव दिव्या ते परमा तनुः ॥ एतस्मिन्नन्तरे कृष्णः सहसा प्रविवेश ह ॥ नारदस्य वचः श्रुत्वा शम्बरस्य वधं प्रति ॥ २० ॥

बताती हुई महारानी रुक्मिणी बार-बार प्रद्युम्नकी ओर निहारने और कहने लगीं—"कन्दर्पसदृश सुन्दर एवं रूपवान् यह कुमार जिस स्त्रीका पुत्र होगा, वास्तवमें वही धन्य है ॥१२–१४॥ वत्स! तुम किस भाग्यवती स्त्रीके पुत्र हो? अपनी भार्याके साथ तुम्हारे यहाँ आनेका क्या कारण है? यदि कालने मेरे पुत्र प्रद्युम्नको बरबस मुझसे न छीन लिया होता तो अब वह इसी प्रकार युवावस्थामें पदार्पण करता होता। मैंने जो अनुमान किया है, वह मिथ्या नहीं हो सकता। तुम अवश्य वृष्णिवंशके ही बालक हो ॥ १५–१७ ॥ तुम तो मुझे चक्रचिह्नविहीन साक्षात् कृष्ण जैसे दीख रहे हो। तुम्हारा मुख, केश और केशका अग्रभाग नारायणके ही सदृश दिखायी देता है ॥ १८ ॥ तुम्हारे ऊरुप्रदेश, दोनों भुजायें तथा वक्षःस्थल मेरे श्वशुर बलरामके समान हैं। वत्स! तुम अपनी असाधारण देहकान्तिसे समस्त वृष्णिकुलको देदीप्यमान करते हुए कौन हो? ॥ १९ ॥ तुम्हारे सब लक्षणोंको देखकर तुम्हें नारायणकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपर मूर्ति कहनेकी इच्छा होती है।" इसी समय भगवान कृष्ण नारदजीके मुखसे शम्बरासुरके निधनका वृत्तान्त सुनकर अन्तःपुरमें जा पहुँचे ॥ २० ॥ वहाँ पहुँचते ही उन्होंने देखा कि साक्षात् कामदेवके समान सुन्दर पुत्र एवं रतिस्वरूपा पुत्रवधू मायावती सम्मुख उपस्थित है। उन्हें देखते ही अत्यधिक आनन्दित होकर उन्होंने रुक्मिणीसे कहा—देवि! तुम्हारा धनुर्धारी पुत्र इस समय तुम्हारे समक्ष खड़ा है ॥ २१ ॥ २२ ॥ इसीने मायायुद्धविशारद शम्बरासुरका वध किया है। जिन मायाओंके बलपर वह दुष्ट देवताओंको सताया करता था, उन सबको इस वीर बालकने नष्ट कर दिया है ॥ २३ ॥ यह तुम्हारी पुत्रवधू मायावती है। अबतक यह शम्बरासुरके भवनमें रहती आ रही थी ॥ २४ ॥ किन्तु 'यह शम्बरकी पत्नी है' ऐसी आशंका मत करना। वस्तुतः यह कामदेवकी पत्नी रति है। जब शिवजीके नेत्राग्निसे भस्म होकर कन्दर्प अनङ्ग हो गया, तब यह शंबरासुरके घरमें रहती हुई अपने मायाबलसे उसे

सोऽपश्यत्तं सुतं ज्येष्ठं सिद्धं मन्मथलक्षणैः ॥ स्नुषां मायावतीं चैव हृष्टचेता जनार्दनः ॥ सोऽब्रवीत्सहसा देवीं रुक्मिणीं देवतामिव ॥ २१ ॥ अयं स देवि संप्राप्तः सुतश्चापधरस्तव ॥ २२ ॥ अनेन शम्बरं हत्वा मायायुद्धविशारदम् ॥ हता मायास्तु ताः सर्वा याभिर्देवानबाधयत् ॥ २३ ॥ सती चेयं शुभा साध्वी भार्या वै तनयस्य ते ॥ मायावतीति विख्याता शम्बरस्य गृहोषिता ॥ २४ ॥ मा च ते शंबरस्येयं पत्नीति भवतु व्यथा ॥ मन्मथे तु गते नाशं गते चानङ्गतां पुरा ॥ २५ ॥ कामपत्नी न कान्तैषा शंबरस्य रतिप्रिया ॥ मायारूपेण तं दैत्यं मोहयत्यसकृच्छुभा ॥ २६ ॥ न चैषा तस्य कौमारे वशे तिष्ठति शोभना ॥ आत्ममायामयं कृत्वा रूपं शंबरमाविशत् ॥ २७ ॥ पत्न्येषा मम पुत्रस्य स्नुषा तव वराङ्गना ॥ लोककान्तस्य साहाय्यं करिष्यति मनोमयम् ॥ २८ ॥ प्रवेशयैनां भवनं पूज्यां ज्येष्ठां स्नुषां मम ॥ चिरं प्रणष्टं च सुतं भजस्व पुनरागतम् ॥ २९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुत्वा तु वचनं देवी कृष्णेनोदाहृतं तदा ॥ प्रहर्षमतुलं लब्ध्वा रुक्मिणी वाक्यमब्रवीत् ॥ ३० ॥ अहो धन्यतराऽस्मीति वीरपुत्रसमागमात् ॥ अद्य मे सफलः कामः पूर्णो मेऽद्य मनोरथः ॥ ३१ ॥ चिरप्रणष्टपुत्रस्य दर्शनं प्रियया सह ॥ आगच्छ पुत्र भवनं सभार्यः प्रविशेह च ॥ ३२ ॥ ततोऽभिवाद्य चरणौ गोविन्दं मातरं च ताम् ॥ प्रद्युम्नः पूजयामास हलिनं च महाबलम् ॥ ३३ ॥ उत्थाप्य तं परिष्वज्य मूर्ध्न्युपाघ्राय वीर्यवान् ॥ प्रद्युम्नं बलिनां श्रेष्ठं केशवः परवीरहा ॥ ३४ ॥ स्नुषां चोत्थाप्य तां देवीं रुक्मिणी रुक्मभूषणा ॥ परिष्वज्योपसंगृह्य

मोहमें डाले रहती थी ॥ २५ ॥ २६ ॥ इसने कभी भी शंबरासुरकी सेवा नहीं की। केवल इसकी मायामयी छायामात्र शंबरकी उपासनामें लगी हुई थी ॥ २७ ॥ यह मेरे पुत्रकी पत्नी और तुम्हारी पुत्रवधू है। यह सदा मेरे पुत्रकी सहायता करती रहेगी ॥२८॥ बहुत समय बाद आज मेरा खोया हुआ पुत्र प्राप्त हुआ है। अब तुम अपने पुत्र और पुत्रवधूको घरमें ले चलो ॥ २९ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवी रुक्मिणी श्रीकृष्णके मुखारविन्दसे यह वृत्तान्त सुनकर अत्यन्त प्रसन्न होती हुई बोलीं—॥ ३० ॥ अहा! बहुत समय बाद अपने वीर पुत्र तथा पुत्रवधूको पाकर आज मैं धन्य, कृतार्थ और सफलमनोरथ हो गयी। वत्स! चलो, अपनी पत्नीके साथ घरके भीतर चलो ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ उनके ऐसा कहनेपर प्रद्युम्नने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पिता, माता और ताऊ बलरामके चरणोंकी वन्दना की ॥ ३३ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णने पुत्रको और रुक्मिणीने पुत्रवधूको उठाकर दोनोंने दोनोंके मस्तकका चुम्बन किया ॥३४॥३५॥ तत्पश्चात् अदिति जैसे इन्द्र और इन्द्राणीको अपने घरमें प्रवेशित करती हैं, उसी प्रकार रुक्मिणी भी पुत्र और पुत्रवधूको अपने भव्य भवनमें ले गयीं ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां दशोपरिशततमोऽध्यायः ॥ ११० ॥

(बलरामके आह्निक मन्त्र) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस प्रसंगमें बलरामने जिस अद्भुत और रक्षात्मक आह्निक मंत्रका उच्चारण किया था, उसे बता रहा हूँ ॥ १ ॥ बलरामके इस मंत्रका संकीर्तन करनेपर महात्मा कृष्ण, धर्मात्मा मुनियों और ऋषियोंने भी उस मंत्रका संकीर्तन किया। सायंकालके समय इस मन्त्रका जप करनेसे शरीर पवित्र हो जाता है

स्नेहाद्गद्गदभाषिणी ॥ ३५ ॥ समेत्य भवनं पत्न्या शचीन्द्रमदितिर्यथा ॥ प्रवेशयामास तदा रुक्मिणी सुतमागतम् ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि दशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अत्राश्चर्यात्मकं स्तोत्रमाह्निकं यजतां वर ॥ प्रद्युम्ने द्वारकां प्राप्ते हत्वा तं कालशंबरम् ॥ १ ॥ बलदेवेन रक्षार्थं प्रोक्तमाह्निकमुच्यते ॥ यज्जप्त्वा तु नृपश्रेष्ठ सायं पूतात्मतां व्रजेत् ॥ २ ॥ कीर्तितं बलदेवेन विष्णुना चैव कीर्तितम् ॥ धर्मकामैश्च मुनिभिर्ऋषिभिश्चापि कीर्तितम् ॥ ३ ॥ कर्हिचिद्रुक्मिणीपुत्रो हलिना संयुतो गृहे ॥ उपविष्टः प्रणम्याथ तमुवाच कृताञ्जलिः ॥ ४ ॥ प्रद्युम्न उवाच ॥ कृष्णानुज महाभाग रोहिणीतनय प्रभो ॥ किंचित्स्तोत्रं मम ब्रूहि यज्जप्त्वा निर्भयोऽभवत् ॥५॥ श्रीबलदेव उवाच ॥ सुरासुरगुरुर्ब्रह्मा पातु मां जगतः पतिः ॥ अथोङ्कारवषट्कारौ सावित्री विधयस्त्रयः ॥ ६ ॥ ऋचो यजूंषि सामानि छन्दांस्याथर्वणानि च ॥ चत्वारस्त्वखिला वेदाः सरहस्याः सविस्तराः ॥७॥ पुराणमितिहासश्च खिलान्युपखिलानि च ॥ अङ्गान्युपाङ्गानि तथा व्याख्यातानि च पान्तु माम् ॥ ८ ॥ पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ इन्द्रियाणि मनो बुद्धिस्तथा सत्त्वं रजस्तमः ॥ ९ ॥ व्यानोदानौ समानश्च प्राणोऽपानश्च पञ्चमः ॥ वायवः सप्त चैवान्ये येष्वायत्तमिदं जगत् ॥१०॥ मरीचिरङ्गिराऽत्रिश्च पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ॥ भृगुर्वसिष्ठो भगवान्पान्तु ते मां महर्षयः ॥११॥ कश्यपाद्याश्च मुनयश्चतुर्दश दिशो दश ॥

॥२॥३॥ एक समय रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न बलरामके पास गये और प्रणाम करनेके बाद हाथ जोड़कर कहा ॥४॥ प्रद्युम्न बोले—हे महाभाग ! हे कृष्णानुज ! हे रोहिणीतनय प्रभो ! आप मुझे कोई ऐसा स्तोत्र बताइए कि जिसे जपकर मैं सदाके लिए निर्भय हो जाऊँ ॥ ५ ॥ श्रीबलराम बोले—हे सुरासुरगुरो ! हे कमलयाने ! हे जगत्पते ! तुम मेरी रक्षा करो। ॐकार, वषट्कार, सावित्री, विधित्रय, ऋक्, यजुः, साम और अथर्व आदि साङ्ग वेदचतुष्टय, पुराण, इतिहास, खिल, उपखिल, व्याख्यात अङ्ग और उपाङ्ग हमारी रक्षा करें ॥ ६–८ ॥ पृथिवी, वायु, आकाश, जल, ज्योति, पञ्च इन्द्रिय, मन, बुद्धि, सत्त्व, रज, तम ये त्रिविध गुण, प्राण, अपान, उदान और व्यान ये पञ्चवायु जिन्होंने समस्त जगत्को अपने अधीन कर रक्खा है, वे अन्यान्य वायु सदा मेरी रक्षा करें ॥ ९ ॥ १० ॥ मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु एवं वसिष्ठ प्रभृति महर्षिगण, कश्यपादि चतुर्दश मुनि, दसों दिशायें,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नर और नारायण सदा मेरी रक्षा करें ॥ ११ ॥ एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य, अष्टवसु, दोनों अश्विनीकुमार, ह्री, श्री, लक्ष्मी, स्वधा, मेधा, तुष्टि, पुष्टि, स्मृति, धृति, अदिति, दिति, दनु और सिंहिका प्रभृति दैत्यमातृगण सदा मेरी रक्षा करें ॥ १२–१४ ॥ हिमवान्, हेमकूट, निषध, श्वेतपर्वत, ऋषभ, पारियात्र, विन्ध्य और वैदूर्य पर्वत मेरी रक्षा करें ॥ १५ ॥ सह्य, उदय, मलय, सुमेरु, मन्दर, दर्दुर, क्रौञ्च, कैलास और मैनाक प्रभृति पर्वत सदा मेरी रक्षा करें ॥ १६ ॥ शेषनाग, वासुकी, विशालाक्ष, तक्षक, एलापत्र, शुक्तिकर्ण, कम्बल, अश्वतर, हस्तिभद्र, पिठरक, कर्कोटक, धनंजय, पूरणक, करवीरक, सुमनास्य, दधिमुख, भृङ्गारपिण्डक और त्रिलोकविख्यात भगवान् मणिनाग, नागराज, अधिकर्ण, हारिद्र एवं अन्यान्य

नरनारायणौ देवौ सगणौ पान्तु मां सदा ॥ १२ ॥ रुद्राश्चैकादश प्रोक्ता आदित्या द्वादशैव तु ॥ अष्टौ च वसवो देवा अश्विनौ द्वौ प्रकीर्तितौ
॥ १३ ॥ ह्रीः श्रीर्लक्ष्मीः स्वधा मेधा तुष्टिः पुष्टिः स्मृतिर्धृतिः ॥ अदितिर्दितिर्दनुश्चैव सिंहिका दैत्यमातरः ॥ १४ ॥ हिमवान्हेमकूटश्च निषधः
श्वेतपर्वतः ॥ ऋषभः पारियात्रश्च विन्ध्यो वैदूर्यपर्वतः ॥१५॥ सह्योदयश्च मलयो मेरुमन्दरदर्दुराः ॥ क्रौञ्चकैलासमैनाकाः पान्तु मां धरणीधराः ॥१६॥
शेषश्च वासुकिश्चैव विशालाक्षश्च तक्षकः ॥ एलापत्रः शुक्तिकर्णः कम्बलाश्वतरावुभौ ॥ १७ ॥ हस्तिभद्रः पिठरकः कर्कोटकधनञ्जयौ ॥ तथा पूरणकश्चैव
नागश्च करवीरकः ॥ १८ ॥ सुमनास्यो दधिमुखस्तथा भृङ्गारपिण्डकः ॥ मणिनागश्च भगवांस्त्रिषु लोकेषु विश्रुतः ॥ १९ ॥ नागराडधिकर्णश्च
तथा हारिद्रकोऽपरः ॥ एते चान्ये च बहवो ये चान्ये नानुकीर्तिताः ॥ २० ॥ भूधराः सत्यधर्माणः पान्तु मां भुजगेश्वराः ॥ समुद्राः पान्तु चत्वारो
गङ्गा च सरितां वरा ॥ २१ ॥ सरस्वती चन्द्रभागा शतद्रुर्देविका शिवा ॥ इरावती विपाशा च शरयूर्यमुना तथा ॥ २२ ॥ कल्माषी च रथोष्मा च
बाहुदा च हिरण्यदा ॥ प्लक्षा चेक्षुमती चैव स्रवन्ती च बृहद्रथा ॥२३॥ ख्याता चर्मण्वती चैव पुण्या चैव वधूसरा ॥ एताश्चान्याश्च सरितो याश्चान्या
नानुकीर्तिताः ॥२४॥ उत्तरापथगामिन्यः सलिलैः स्नपयन्तु माम् ॥ वेणी गोदावरी सीता कावेरी कोङ्कणावती ॥२५॥ कृष्णा वेणा मुक्तिमती तमसा
पुष्पवाहिनी ॥ ताम्रपर्णी ज्योतिरथा उत्फलोदुम्बरावती ॥२६॥ नदी वैतरणी पुण्या विदर्भा नर्मदा शुभा ॥ वितस्ता भीमरथ्या च ऐला चैव महानदी
॥२७॥ कालिन्दी गोमती पुण्या नदः शोणश्च विश्रुतः ॥ एताश्चान्याश्च वै नद्यो याश्चान्या न तु कीर्तिताः ॥ २८॥ दक्षिणापथवाहिन्यः सलिलैः

नागगण जिनका नामसंकीर्तन नहीं किया जा सका है, वे सब सत्यधर्मा नागगण हमारी रक्षा करें। इनके अतिरिक्त चारों समुद्र तथा सरित्श्रेष्ठा गंगाजी सदा मेरी रक्षा करती रहें ॥ १७–२१ ॥ सरस्वती, चन्द्रभागा, वितस्ता, शतद्रु, देविका, विपाशा, इरावती, सरयू, यमुना, कल्माषी, रथोष्मा, बाहुदा, हिरण्यदा, प्लक्षा, इक्षुमती, स्रवन्ती, बृहद्रथा, चर्मण्वती, वधूसरा ये एवं आन्यान्य नदियाँ, जिनका यहाँ नामसंकीर्तन नहीं किया गया है, वे सब अपने जलसे हमारा अभिषेक करें। वेणी, गोदावरी, सीता, कावेरी, कोंकणावती, कृष्णा, वेणा, मुक्तिमती, तमसा, पुष्पवाहिनी, ताम्रपर्णी, ज्योतिरथा, उत्फला, उदुम्बरावती, वैतरणी, पुण्या, विदर्भा, नर्मदा, भीमरथ्या, ऐला, कालिन्दी, गोमती एवं दक्षिणापथगामिना जिन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नदियोंका उल्लेख नहीं हुआ है, वे सब और लोकविश्रुत शोणनद अपने जलसे मेरा अभिषेक करें ॥ २२-२८ ॥ क्षिप्रा, चर्मण्वती, मही, शुभ्रवती, सिन्धु, वेत्रवती, भोजान्ता, वनमालिका, पूर्वभद्रा, अपरभद्रा, उर्मिला, वरद्रुमा, चापदासी, प्रस्थावती, कुण्डनदी, सरस्वती, चित्रघ्नी, इन्दुमाला, मधुमती, उमा, गुरुनदी, तापी, विमलोदका, विमला, मत्तगंगा, पयस्विनी एवं अन्यान्य पश्चिमपथवाहिनी जिन नदियोंका नामोल्लेख नहीं हुआ है, वे सब अपने पावन जलसे मेरा अभिषेक करें। उनके अतिरिक्त पवित्रसलिला भागीरथी, जो पश्चिम दिशामें स्थित हैं और शिवजी जिन्हें अपने मस्तकपर धारण करते हैं, वे मेरे सब पापोंको नष्ट कर दें ॥२९-३५॥ प्रभास, प्रयाग, नैमिषारण्य, पुष्कर, गंगातीर्थ, कुरुक्षेत्र, श्रीकण्ठ, गौतमाश्रम

स्नपयन्तु माम् ॥ क्षिप्रा चर्मण्वती पुण्या मही शुभ्रवती तथा ॥२९॥ सिन्धुर्वेत्रवती चैव भोजान्ता वनमालिका ॥ पूर्वभद्रा परा भद्रा ऊर्मिला च वरद्रुमा ॥ ३० ॥ ख्याता वेत्रवती चैव चापदासीति विश्रुता ॥ प्रस्थावती कुण्डनदी नदी पुण्या सरस्वती ॥ ३१ ॥ चित्रघ्नी चेन्दुमाला च तथा मधुमती नदी ॥ उमा गुरुनदी चैव तापी च विमलोदका ॥ ३२ ॥ विमला विमलोदा च मत्तगङ्गा पयस्विनी ॥ एताश्चान्याश्च वै नद्यो याश्चान्या नानुकीर्तिताः ॥ ३३ ॥ ता मां स्नमभिषिञ्चन्तु पश्चिमामाश्रिता दिशम् ॥ भागीरथी पुण्यजला प्राच्यां दिशि समाश्रिता ॥ ३४ ॥ सा वै दहतु मे पापं कीर्तिता शम्भुना धृता ॥ प्रभासं च प्रयागं च नैमिषं पुष्कराणि च ॥ ३५ ॥ गङ्गातीर्थं कुरुक्षेत्रं श्रीकण्ठं गौतमाश्रमम् ॥ रामह्रदं विनशनं रामतीर्थं तथैव च ॥ ३६ ॥ गङ्गाद्वारं कनखलं सोमो वै यत्र चोत्थितः ॥ कपालमोचनं तीर्थं जम्बूमार्गं च विश्रुतम् ॥ ३७ ॥ सुवर्णबिन्दु विख्यातं तथा कनकपिङ्गलम् ॥ दशाश्वमेधिकं चैव पुण्याश्रमविभूषितम् ॥ ३८ ॥ बदरी चैव विख्याता नरनारायणाश्रमः ॥ विख्यातं फल्गुतीर्थं च तीर्थं चन्द्रवटं तथा ॥ ३९ ॥ कोकामुखं पुण्यतमं गंगासागरमेव च ॥ मगधेषु तपोदश्च गङ्गोद्भेदश्च विश्रुतः ॥ ४० ॥ तीर्थान्येतानि पुण्यानि सेवितानि महर्षिभिः ॥ सूकरं योगमार्गं च श्वेतद्वीपं तथैव च ॥ ४१ ॥ ब्रह्मतीर्थं रामतीर्थं वाजिमेधशतोपमम् ॥ धारासम्पातसंयुक्ता गङ्गा किल्बिषनाशिनी ॥ ४२ ॥ गंगा वैकुण्ठकेदारं सूकरोद्भेदनं परम् ॥ मां पापमोचनं तीर्थं पुनन्त्वेतानि किल्बिषात् ॥ ४३ ॥ धर्मार्थकामविषयो यशःप्राप्तिः शमो दमः ॥ वरुणेशोऽथ धनदो यमो नियम एव च ॥ ४४ ॥ कालो नयः संनतिश्च क्रोधो मोहः क्षमा धृतिः ॥ विद्युतोऽभ्राण्यथौषध्यः प्रमादोन्माद-

रामह्रद, विनशन, रामतीर्थ, गङ्गाद्वार, कनखल, सोम, कपालमोचन, जम्बूमार्ग, सुवर्णबिन्दु, कनकपिंगल, पुण्याश्रमविभूषित दशाश्वमेधिक, नर-नारायणका आश्रम बदरीवन, फल्गुतीर्थ, चन्द्रवट, कोकामुख, परमपुनीत गंगासागर, मगधदेशीय तपोद, गंगोद्भेद, सूकर क्षेत्र, योगमार्ग तथा श्वेतद्वीप ये सभी महर्षिसेवित पुनीत तीर्थ एवं जिनका नामोल्लेख नहीं हुआ है वे सभी तीर्थ अपने पुनीत जलसे मेरा अभिषेक करें ॥ ३६-४१ ॥ ब्रह्मतीर्थ, सौ अश्वमेध यज्ञके समान पुनीत रामतीर्थ, सतत धारापातयुक्त एवं पापनाशिनी गंगा, वैकुण्ठकेदार और सूकरोद्भेदन ये सभी पापमोचक तीर्थ मेरे पाप नष्ट करके मुझे पवित्र कर दें ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ धर्म, अर्थ, काम, यश, शम, दम, वरुण, अंश, पर्जन्य, यम, नियम, काल, नय, सन्नति, क्रोध,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मोह, क्षमा, धृति, विद्युत्, मेघ, औषधि, प्रमाद, उन्माद, विग्रह, यक्ष, पिशाच, गन्धर्व, किन्नर, सिद्ध, चारण, निशाचर, खेचर, दंष्ट्री, लंबोदर, विश्वरूप, पिंगाक्ष, मरुत्, पर्जन्य, कला, त्रुटि, लव, क्षण, नक्षत्र, ग्रह, शिशिरादि ऋतुयें, मास, अहोरात्र, सूर्य-चन्द्र, आमोद, प्रमोद, प्रहर्ष, शोक, रज, तम, तप, सत्य, शुद्धि, बुद्धि, धृति और श्रुति ये सब मेरी रक्षा करें ॥४४–४९॥ रुद्राणी, भद्रकाली, भद्रा, ज्येष्ठा, वारुणी, भासी, कालिका, शाण्डिली, आर्या, कुहू, सिनीवाली, भीमा, चित्ररथी, रति, एकानंशा, कूष्माण्डा, देवी कात्यायनी, लोहित्या, जनमाता, देवकन्या, गोनन्दा और देवपत्नी, ये सब मेरे बन्धु-बान्धवों समेत मेरी रक्षा करें ॥ ५०–५२ ॥ जिन माताओंका आकार, इंगित, हाव-भाव और आभूषण विचित्र है। जो नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र धारण करके विभिन्न देशोंमें विचरती रहती हैं। मेद, मज्जा, मद्य तथा मांसादिमें जिनकी विशेष रुचि है। जिनके मुख मार्जार, व्याघ्र, गज, सिंह, कंक, वायस, गृध्र,

विग्रहाः ॥ ४५ ॥ यक्षाः पिशाचा गन्धर्वाः किन्नराः सिद्धचारणाः ॥ नक्तंचराः खेचरिणो दंष्ट्रिणः प्रियविग्रहाः ॥ ४६ ॥ लम्बोदराश्च बलिनः पिङ्गाक्षा विश्वरूपिणः ॥ मरुतः सहपर्जन्याः कलात्रुटिलवाः क्षणाः ॥ ४७ ॥ नक्षत्राणि ग्रहाश्चैव ऋतवः शिशिरादयः ॥ मासाहोरात्रयश्चैव सूर्याचन्द्रमसौ तथा ॥ ४८ ॥ आमोदश्च प्रमोदश्च प्रहर्षः शोक एव च ॥ रजस्तमस्तपः सत्यं शुद्धिर्बुद्धिर्धृतिः श्रुतिः ॥ ४९ ॥ रुद्राणी भद्रकाली च भद्रा ज्येष्ठा तु वारुणी ॥ भासी च कालिका चैव शाण्डिली चेति विश्रुताः ॥ ५० ॥ आर्या कुहूः सिनीवाली भीमा चित्ररथी रतिः ॥ एकानंशा च कूष्माण्डा देवी कात्यायनी च या ॥ ५१ ॥ लोहित्या जनमाता च देवकन्यास्तु याः स्मृताः ॥ गोनन्दा देवपत्नी च मां रक्षन्तु सबान्धवम् ॥ ५२ ॥ नानाभरणवेशाश्च नानारूपाङ्कितानना: ॥ नानादेशविचारिण्यो नानाशस्त्रोपशोभिताः ॥ ५३ ॥ मेदोमज्जाप्रियाश्चैव मद्यमांसवसाप्रियाः ॥ मार्जारद्वीपिवक्त्राश्च गजसिंहनिभाननाः ॥ ५४ ॥ कङ्कवायसगृध्राणां क्रौञ्चतुल्याननास्तथा ॥ व्यालयज्ञोपवीताश्च चर्मप्रावरणास्तथा ॥ ५५ ॥ क्षतजोक्षितवक्त्राश्च खरभेरीसमस्वनाः ॥ मत्सराः क्रोधनाश्चैव प्रासादा रुचिरालयाः ॥५६॥ मत्तोन्मत्तप्रमत्ताश्च प्रहरन्त्यश्च धिष्ठिताः ॥ पिङ्गाक्षाः पिंगकेशाश्च ततोऽन्या लूनमूर्धजाः ॥ ५७ ॥ ऊर्ध्वकेश्यः कृष्णकेश्यः श्वेतकेश्यस्तथावराः ॥ नागायुतबलाश्चैव वायुवेगास्तथापराः ॥ ५८ ॥ एकहस्ता एकपादा एकाक्षाः पिंगला मताः ॥ बहुपुत्राल्पपुत्राश्च द्विपुत्राः पुत्रमण्डिकाः ॥ ५९ ॥ मुखमण्डी बिडाली च पूतना गन्धपूतना ॥

तथा बक सदृश है, जिनके गलेमें सर्पयज्ञोपवीत एवं शरीर चर्मसे आवृत रहता है, वे भगवती सदा हमारी रक्षा करें ॥ ५३–५५ ॥ जिनका मुख सर्वदा रुधिरसे आर्द्र रहता है, जिनका कण्ठस्वर खर तथा भेरीके समान है, जिनका क्रोध और मत्सर बहुत प्रबल है, जो सुन्दर अट्टालिकाओंमें निवास करती हैं, जो मत्त-उन्मत्त तथा प्रमत्त रहती हैं, जिनके नेत्र पिंगलवर्णके रहते हैं, जिनके केश कटे-छँटे, पिंगल-कृष्ण तथा श्वेत रहते हैं, जिनके शरीरमें दस हजार हाथियों तथा वायुके समान बल है, वे मातायें मेरी रक्षा करें ॥ ५६–५८ ॥ जिनमें कोई एकहस्ता, कोई एकपादा तथा कोई एकाक्षी है। किसीका मस्तक काँपता रहता है। किसीके एक पुत्र और किसीके दो पुत्र तथा किसीके बहुतेरे पुत्र हैं। कोई मुण्डनप्रिय, कोई मुखमण्डो,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कोई बिडाली, कोई पूतना तथा कोई गन्धपूतना है। किसीका नाम शीत, किसीका नाम वात, किसीका वेताली, किसीका नाम रेवती और किसीका नाम ग्रह है ॥५९॥ ६० ॥ उनमें कोई हास्यप्रिय, कोई क्रोधप्रिय, कोई वस्त्रप्रिय, कोई वचनप्रिय, कोई सुखदायिनी, कोई सुखप्रसादा और कोई ब्राह्मणप्रिया हैं ॥ ६१ ॥ जो रात्रिके समय विचरती और पर्व-पर्वपर भीषण रूप धारण कर लिया करती हैं, वे सभी मातायें पुत्रके समान मेरी रक्षा करें ॥ ६२ ॥ जो लोकपितामह ब्रह्माके मुखसे, जो रुद्रदेवके अंशसे, जो कुमार कार्तिकेयसे एवं जो विष्णु भगवानसे उत्पन्न हुए हैं ॥ ६३ ॥ जो बलवान्, पराक्रमी, भीषणरूपधारी तथा दर्पयुक्त हैं। जो क्रूर, क्रोधी और सुरविग्रहधारी हैं ॥ ६४ ॥ जो रात्रिचर, केशरी, दंष्ट्री और देहप्रिय हैं। जो लम्बोदर, स्थूलजघन और पिंगलनेत्र हैं। जो विविध रूप धारण करनेमें समर्थ हैं ॥ ६५ ॥ जिनके हाथमें शक्ति, ऋष्टि, शूल, परिघ, प्रास, चर्म और असि विद्यमान हैं। जिन्हें धनुष

शीतवातोष्णवेताली रेवती ग्रहसंज्ञिताः ॥६०॥ प्रियहास्याः प्रियक्रोधाः प्रियावासाः प्रियंवदाः ॥ सुखप्रदाश्चासुखदाः सदा द्विजजनप्रियाः ॥६१॥ नक्तंचराः सुखोदर्काः सदा पर्वणि दारुणाः ॥ मातरो मातृवत्पुत्रं रक्षन्तु मम नित्यशः ॥ ६२ ॥ पितामहमुखोद्भूता रौद्रा रुद्राङ्गसंभवाः ॥ कुमारस्वेदजाश्चैव ज्वरा वै वैष्णवादयः ॥ ६३ ॥ महाभीमा महावीर्या दर्पोद्भूता महाबलाः ॥ क्रोधनाक्रोधनाः क्रूराः सुरविग्रहकारिणः ॥ ६४ ॥ नक्तञ्चराः केसरिणो दंष्ट्रिणः प्रियविग्रहाः ॥ लम्बोदरा जघनिनः पिंगाक्षा विश्वरूपिणः ॥ ६५ ॥ शक्त्यृष्टिशूलपरिघप्रासचर्मासिपाणयः पिनाकवज्रमुसलब्रह्मदण्डायुधप्रियाः ॥ ६६ ॥ दण्डिनः कुण्डिनः शूरा जटामुकुटधारिणः ॥ वेदवेदांगकुशला नित्ययज्ञोपवीतिनः ॥ ६७ ॥ व्यालापीडाः कुण्डलिनो वीराः केयूरधारिणः ॥ नानावसनसंवीताश्चित्रमाल्यानुलेपनाः ॥ ६८ ॥ गजाश्वोष्ट्रर्क्षमार्जारसिंहव्याघ्रनिभाननाः ॥ वराहोलूकगोमायुमृगाखुमहिषाननाः ॥ ६९ ॥ वामना विकटाः कुब्जाः कराला लूनमूर्धजाः ॥ सहस्रशतशश्चान्ये सहस्रजटधारिणः ॥ ७० ॥ श्वेताः कैलाससंकाशाः केचिद्दिनकरप्रभाः ॥ केचिज्जलदवर्णाभा नीलाञ्जनचयोपमाः ॥ ७१ ॥ एकपादा द्विपादाश्च तथा द्विशिरसोऽपरे ॥ निर्मांसाः स्थूलजङ्घाश्च व्यादितास्या भयङ्कराः ॥ ७२ ॥ वापीतडागकूपेषु समुद्रेषु सरित्सु च ॥ श्मशानशैलवृक्षेषु शून्यागारनिवासिनः ॥ ७३ ॥ एते ग्रहाश्च

वज्र, मुसल तथा ब्रह्मदण्ड प्रभृति शस्त्रास्त्र विशेष प्रिय हैं ॥६६॥ जो दण्डी, कुण्डी, शूर, जटा-मुकुटधारी तथा वेद-वेदाङ्गमें निपुण हैं और नित्य यज्ञोपवीत धारण किये रहते हैं ॥६७॥ जो सर्पके कुण्डल और केयूर धारण किये रहते हैं। जिनके वस्त्र विविध प्रकारके होते हैं और जिनके शरीरमें विविध प्रकारके अनुलेपन लगे रहते हैं ॥ ८॥ कुछके मुख हाथी, घोड़े, ऊँट, भालू, बिलार, सिंह तथा व्याघ्र सरीखे हैं। कुछके वराह, उलूक, सियार, मृग, चूहे तथा भैंसे सरीखे हैं ॥ ६९ ॥ जिनमें कोई वामनाकृति, कोई विकटाकृति, कोई कुबड़ा, कोई कराल, कोई छिन्नकेश और कोई सहस्र जटाधारी है ॥ ७० ॥ कुछकी आकृति कैलास पर्वतके सदृश शुभ्र, किसीकी शरीरप्रभा सूर्य सदृश, किसीकी मेघवर्ण और किसीकी आकृति नीलगिरि सदृश श्याम है ॥ ७१ ॥ उनमें कोई एकपाद, कोई द्विपाद, कोई द्विशिर, कोई मांसहीन, कोई तालजंघ और कोई व्यादितास्य हैं ॥ ७२ ॥ कोई वापी, कोई तड़ाग, कोई कूप,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कोई समुद्र, कोई सरोवर, कोई नदी, कोई श्मशान, कोई पर्वत, कोई वृक्ष और कोई शून्य घरमें निवास करते हैं ॥७३॥ ये सभी ग्रह मेरी रक्षा करें। महागणपति नन्दी, महाबली और महापराक्रमी महाकाल, महेश्वर तथा विष्णु भगवानसे उत्पन्न होनेवाले लोक, दोनों भयकर ज्वर, ग्राममण्डल, गोपाल, भृंगरीटि, देव, वामदेव, घण्टाकर्ण, करन्धम, श्वेतमोद, कपाली, जम्भक, शत्रुतापन, मज्जन, उन्मज्जन, सन्तापन, विलापन, निजघास, घस, स्थूणाकर्ण, प्रशोषण, उल्कामाली, धमधम, ज्वालामाली, प्रमर्दन, संघट्टन, संकुटन, काष्ठभूत, शिवंकर, कूष्माण्ड, कुम्भमूर्धा, रोचन, वैकृत, अनिकेत, सुरारिघ्न, शिव, अशिव, क्षेमक, पिशिताशी, सुरारि, हरिलोचन, भीमक, ग्राहक, उग्रामय, अर्यम, स्कन्द, चपल, असम, वेताल, तामस, सुमहाकपि, हृदयो-

सततं रक्षन्तु मम सर्वतः ॥ महागणपतिर्नन्दी महाकालो महाबलः ॥ माहेश्वरो वैष्णवश्च ज्वरौ लोकभयावहौ ॥ ७४ ॥ ग्रामणीश्चैव गोपालो
भृंगरीटिर्गणेश्वरः ॥ देवश्च वामदेवश्च घण्टाकर्णः करंधमः ॥ ७५ ॥ श्वेतामोदः कपाली च जम्भकः शत्रुतापनः ॥ मज्जनोन्मज्जनौ चोभौ
संतापनविलापनौ ॥ ७६ ॥ निजघासो घसश्चैव स्थूणाकर्णः प्रशोषणः ॥ उल्कामाली धमधमो ज्वालामाली प्रमर्दनः ॥ ७७ ॥ संघट्टनः संकुटनः
काष्ठभूतः शिवंकरः ॥ कूष्माण्डः कुंभमूर्धा च रोचनो वैकृतो ग्रहः ॥ ७८ ॥ अनिकेतः सुरारिघ्नः शिवश्चाशिव एव च ॥ क्षेमकः पिशिताशी
च सुरारिर्हरिलोचनः ॥ ७९ ॥ भीमको ग्राहकश्चैव तथैवोग्रामयो ग्रहः ॥ उपग्रहोऽर्यकश्चैव तथा स्कन्धग्रहोऽपरः ॥८०॥ चपलोऽसमवेतालस्तामसः
सुमहाकपिः ॥ हृदयोद्वर्तनश्चण्डः कुण्डाशी कङ्कणप्रियः ॥ ८१ ॥ हरिश्मश्रुर्गरुत्मन्तो मनोमारुतरंहसः ॥ पार्वत्या रोषसंभूताः सहस्राणि शतानि
च ॥ ८२ ॥ शक्तिमन्तो धृतिमन्तो ब्रह्मण्याः सत्यसंगराः ॥ सर्वकामापहन्तारो द्विषतां च मृधे मृधे ॥८३॥ रात्रावहनि दुर्गेषु कीर्तिताः सकलै-
र्गुणैः ॥ तेषां गणानां पतयः सगणाः पान्तु मां सदा ॥ ८४ ॥ नारदः पर्वतश्चैव गन्धर्वाप्सरसां गणाः ॥ पितरः कारणं कार्यमाधयो व्याध-
यस्तथा ॥ ८५ ॥ अगस्त्यो गालवो गार्ग्यः शक्तिर्धौम्यः पराशरः ॥ कृष्णात्रेयश्च भागवानसितो देवलो बलः ॥ ८६ ॥ बृहस्पतिरुतथ्यश्च मार्क-
ण्डेयः श्रुतश्रवाः ॥ द्वैपायनो विदर्भश्च जैमिनिर्माठरः कठः ॥८७॥ विश्वामित्रो वसिष्ठश्च लोमशश्च महामुनिः ॥ उत्तङ्कश्चैव रैभ्यश्च पौलोमश्च द्वित-
स्त्रितः॥ ८८ ॥ ऋषिर्वै कालवृक्षीयो मुनिर्मेधातिथिस्तथा ॥ सारस्वतो यवक्रीतिः कुशिको गौतमस्तथा ॥ ८९ ॥ संवर्त ऋष्यशृंगश्च स्वस्त्यात्रेयो
विभाण्डकः ॥ ऋचीको जमदग्निश्च तथोर्वस्तपसां निधिः ॥ ९० ॥ भरद्वाजः स्थूलशिराः कश्यपः पुलहः क्रतुः ॥ बृहदग्निर्हरिश्मश्रुर्विजयः कण्व

द्वर्तन, चण्ड, कुण्डाशी, कंकणप्रिय, हरिश्मश्रु, गरुत्मान् आदि मन तथा वायुके समान वेगवान् एवं भगवती पार्वतीके रोषसे उत्पन्न लाखों ग्रह मेरी सर्वदा रक्षा करें ॥७४–८२॥ शक्तिमान्, धृतिमान्, वेदप्रिय, सत्यप्रतिज्ञ, सर्वकामप्रद, शत्रुहन्ता महात्मागण, जो दिन-रात दुर्गमें निवास करते हैं। वे सभी गण और गणपति सर्वदा हमारी रक्षा करें ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ नारद, पर्वत, गन्धर्वगण, अप्सरोगण, पितृगण, कार्य, कारण, आधि, व्याधि, अगस्त्य, गालव, गार्ग्य, शक्ति, धौम्य, पराशर, कृष्णात्रेय, असित, देवल, बल, बृहस्पति, उतथ्य, मार्कण्डेय,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रुतश्रवा, द्वैपायन, विदर्भ, जैमिनि, माठर, कठ, विश्वामित्र, वसिष्ठ, लोमश, उत्तंक, रैभ्य, पौलोम, द्वित, त्रित, कालवृक्षीय, मेधातिथि, यवक्रीति, कुशिक, गौतम, संवर्त, ऋष्यश्रृंग, स्वस्त्यात्रेय, विभाण्डक, ऋचीक, जमदग्नि, उर्व, भरद्वाज, कश्यप, पुलह, क्रतु, बृहदग्नि, हरिश्मश्रु, विजय, कण्व, वतण्डी, दीर्घताप, वेदगाथ, अंशुमान्, शिव, शुनःशेफ, शुनःपुच्छ, शुनोलांगूल, अष्टावक्र, दधीचि, श्वेतकेतु, उद्दालक, क्षीरपाणि, श्रृंगी, गौरमुख, अग्निवेश्य, शमीक, प्रमुचु-मुमुचु प्रभृति मुनिगण एवं नियमपरायण अन्यान्य जिन मुनियोंका यहाँ नामोल्लेख नहीं किया गया है, वे सभी सर्वदा मेरे लिए शान्ति विधान करें ॥ ८५–९४ ॥ अग्नित्रय, वेदत्रय, विद्यात्रय, उच्चैःश्रवा, वैद्य धन्वन्तरि, अमृत, गौ, सुवर्ण, श्वेत सर्षप, कौस्तुभमणि, गौराङ्गी मनस्विनी कन्या, श्वेत छत्र, जौ, अक्षत, दूर्वा, हिरण्य, गन्ध, वालव्यजन, अप्रतिहत चक्र, महोक्ष, विष, चन्दन, श्वेतवृष, मत्तहस्ती, सिंह, व्याघ्र, अश्व, पर्वत, पृथिवी, लावा

एव च ॥ ९१ ॥ वैतण्डी दीर्घतापश्च वेदगाथोऽंशुमाञ्छिवः ॥ शुनःशेफः शुनःपुच्छः शुनोलांगूल एव च ॥ अष्टावक्रो दधीचिश्च श्वेतकेतुस्तथैव
च ॥ ९२ ॥ उद्दालकः क्षीरपाणिः श्रृंगी गौरमुखस्तथा ॥ अग्निवेश्यः शमीकश्च प्रमुचुर्मुमुचुस्तथा ॥ ९३ ॥ एते चान्ये च ऋषयो बहवः शंसित-
व्रताः ॥ मुनयः शंसितात्मानो ये चान्ये नानुकीर्तिताः ॥ ९४ ॥ क्रतवः श्लाघिनः शान्ताः शान्ति कुर्वन्तु मे सदा ॥ त्रयोऽग्नयस्त्रयो वेदास्त्रैविद्याः
कौस्तुभो मणिः ॥ ९५ ॥ उच्चैःश्रवा हयः श्रीमान्वैद्यो धन्वन्तरिर्हरिः ॥ अमृतं गौः सुपर्णश्च दधि गौराश्च सर्षपाः ॥ ९६ ॥ शुक्लाः सुमनसः
कन्याः श्वेतच्छत्रं यवाक्षताः ॥ दूर्वा हिरण्यं गन्धाश्च वालव्यजनमेव च ॥ ९७ ॥ तथाऽप्रतिहतं चक्रं महोक्षश्चन्दनं विषम् ॥ श्वेतो वृषः करी मत्तः
सिंहो व्याघ्रो हयो गिरिः ॥९८॥ पृथिवी चोद्धृता लाजा ब्राह्मणा मधु पायसम् ॥ स्वस्तिको वर्द्धमानश्च नंद्यावर्तः प्रियंगवः ॥ श्रीफलं गोमयं मत्स्यो
दुन्दुभिः पटहस्वनः ॥९९॥ ऋषिपत्न्यश्च कन्याश्च श्रीमद्भद्रासनं धनुः ॥ रोचना रुचकश्चैव नदीनां संगमोदकम् ॥१००॥ सुपर्णा शतपत्राश्च चकोरा
जीवजीवकाः ॥ नन्दीमुखो मयूरश्च वज्रमुक्तामणिध्वजाः ॥ १०१ ॥ आयुधानि प्रशस्तानि कार्यसिद्धिकराणि च ॥ पुण्यं वै विगतक्लेशं श्रीमद्वै मंगला-
न्वितम् ॥१०२॥ रामेणोदाहृतं पूर्वमायुः श्रीजयकांक्षिणा ॥ य इदं श्रावयेद्विद्वांस्तथैव शृणुयान्नरः ॥१०३॥ मंगलाष्टशतं स्नातो जपन्पर्वणि पर्वणि ॥
वधबन्धपरिक्लेशं व्याधिशोकपराभवम् ॥ १०४ ॥ न च प्राप्नोति वैकल्यं परत्रेह च शर्मदम् ॥ धन्यं यशस्यमायुष्यं पवित्रं वेदसंमितम् ॥ १०५ ॥

ब्राह्मण, मधु, पायस, स्वस्तिक, नन्द्यावर्त, प्रियंगव, श्रीफल, गोमय, दुन्दुभि तथा पटहका शब्द, ऋषिपत्नियाँ, ऋषिकन्यायें, धनुष, रोचना, रुचक, नदियोंके संगमका जल, सुपर्ण, शतपत्र, चकोर, जीवजीवक, नन्दीमुख, मयूर, वज्र (हीरा), मुक्ता, मणि और ध्वज, ये सब आयुर्वर्द्धक, कार्यसिद्धिकारक, पवित्र और मंगलमय हैं ॥ ९५–१०२ ॥ हे महाराज ! पूर्वकालमें बलरामने आयु, श्री और विजयकी कामना करके इन सब मङ्गलमय वस्तुओं और देवी-देवताओंका नामसंकीर्तन किया था । जो विद्वान् इन्हें सुनता या सुनाता है और जो पर्व-पर्वपर स्नान करके इनका जप करता है, उसे वध, बन्धन, व्याधि, शोक और पराजयका क्लेश नहीं भोगना पड़ता । इसका आश्रय लेनेवाला प्राणी इहलोकमें ख्याति, कीर्ति, दीर्घायु और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बहुतेरे पुत्र प्राप्त करके परलोकमें सद्गति पाता है। यह स्तोत्र धनदाता, यशविस्तारक, आयुवर्द्धक, पवित्र और वेदसम्मत है ॥ १०३–१०५ ॥ इसका पाठ तथा श्रवण करनेवाला प्राणी प्रचुर सन्तति तथा अन्तमें स्वर्ग प्राप्त करता है। इससे सर्वथा कल्याण होता है और बुद्धि बढ़ती है। इससे सभी रोग नष्ट हो जाते हैं। कुल और कीर्तिका विस्तार होता है। श्रद्धा और दयापूर्वक जो आत्मज्ञानी इस स्तोत्रका पाठ करता है, उसके सब पाप नष्ट हो जाते हैं, उसकी आत्मा निर्मल हो जाती है और अन्तमें उसे शुभ गति मिलती हैं ॥ १०६ ॥ १०७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां एकादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १११ ॥

(धन्योपाख्यान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! आत्मघाती शम्बरासुरने जिस समय प्रद्युम्नका अपहरण किया, उसी मासके मध्य जाम्बवतीके गर्भसे साम्बका जन्म हुआ

श्रीमत्स्वर्ग्यं सदा पुण्यमपत्यजननं शिवम् ॥ शुभं क्षेमकरं नृणां मेधाजननमुत्तमम् ॥ १०६ ॥ सर्वरोगप्रशमनं सुकीर्तिकुलवर्द्धनम् ॥ श्रद्दधानो दयोपेतो यः पठेदात्मवान्नरः ॥ सर्वपापविशुद्धात्मा लभते च शुभां गतिम् ॥ १०७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि बलदेवाह्निकं नाम एकादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १११ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ हृतो यदैव प्रद्युम्नः शम्बरेणात्मघातिना ॥ मासेऽस्मिन्नेव साम्बस्तु जाम्बवत्यामजायत ॥ १ ॥ बाल्यात्प्रभृति रामेण शस्त्रेषु विनियोजितः ॥ रामादनन्तरश्चैव मानितः सर्ववृष्णिभिः ॥ २ ॥ जातमात्रे ततः कृष्णः शुभां तामवसत्पुरीम् ॥ निहतामित्रसामन्तः शक्रोद्यानं यथाऽमरः ॥ ३ ॥ यादवीं च श्रियं दृष्ट्वा स्वां श्रियं द्वेष्टि वासवः ॥ जनार्दनभयाच्चैव न शान्तिं लेभिरे नृपाः ॥ ४ ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य पुरे वारणसाह्वये ॥ दुर्योधनस्य यज्ञे वै समीयुः सर्वपार्थिवाः ॥ ५ ॥ तां श्रुत्वा माधवीं लक्ष्मीं सपुत्रं च जनार्दनम् ॥ पुरीं द्वारवतीं चैव निविष्टां सागरान्तरे ॥ ६ ॥ दूतैस्तैः कृतसन्धानाः पृथिव्यां सर्वपार्थिवाः ॥ श्रियं द्रष्टुं हृषीकेशमाजग्मुः कृष्णमन्दिरम् ॥ ७ ॥ दुर्योधनमुखाः सर्वे धृतराष्ट्रवशानुगाः ॥ पाण्डवप्रमुखाश्चैव धृष्टद्युम्नादयो नृपाः ॥ ८ ॥ पाण्ड्याश्चोलकलिङ्गेशा बाह्लीका द्राविडाः खशाः ॥ अक्षौहिणीः प्रकर्षन्तो दश चाष्टौ च भूमिपाः ॥ ९ ॥ आजग्मुर्यादवपुरीं गोविन्दभुजपालिताम् ॥ ते पर्वतं रैवतकं परिवार्यावनीश्वराः ॥ १० ॥

॥ १ ॥ बाल्यकाल्यसे ही बलरामने साम्बको शस्त्रविद्याकी शिक्षामें निपुण करना आरम्भ कर दिया था। इसी कारण सभी वृष्णिवंशी यादव साम्बको दूसरा बलराम समझते थे ॥ २ ॥ साम्बका जन्म हो जानेपर भगवान कृष्ण अमरावती पुरीमें विराजमान देवराज इन्द्रके समान शत्रुविहीन द्वारकापुरीमें सानन्द रहने लगे ॥३॥ यहाँतक कि उस समय देवराज इन्द्र द्वारकाका वैभव देखकर मन ही मन ईर्ष्या करने लगे।' अन्यान्य राजे भी श्रीकृष्णके भयसे सदा सशंक रहते थे ॥ ४ ॥ तदनन्तर कुछ समय बीतनेपर हस्तिनापुरमें दुर्योधनके यज्ञके उपलक्ष्यमें विविध दिशाओं और देशोंके राजे एकत्र हुए ॥ ५ ॥ वहाँ दूतोंके मुखसे भगवान कृष्णके ऐश्वर्य तथा समुद्रके मध्य द्वारकापुरीका निर्माण करके वे सपरिवार वहाँ रह रहे हैं, यह सुनकर उनसे मिलनेके लिए सब वहाँ जा उपस्थित हुए ॥ ६ ॥ ७ ॥ धृतराष्ट्रपक्षके दुर्योधनादि वीर और पाण्डववंशीय धृष्टद्युम्न आदि राजे एवं पाण्ड्य, चोल, कलिङ्ग, वाह्लीक, द्राविड़ और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खश प्रभृति नरेश अठारह अक्षौहिणी सेनाके साथ भगवान कृष्णके भुजबलसे सुरक्षित द्वारकापुरीमें आये। वहाँ पहुँचकर उन्होंने रैवतक पर्वतके चारों ओर अपने-अपने लिए स्थान चुनकर शिबिर स्थापित किया। तदनन्तर कमललोचन भगवान कृष्ण उनलोगोंसे साक्षात्कार करनेके लिए श्रेष्ठतम यादवोंके साथ पुरीसे बाहर निकले। उन राजाओंके बीच पहुँचकर वे शरत्कालीन सूर्यके समान शोभित हुए। बादमें पद और अवस्थाके अनुसार शिष्टाचार प्रदर्शित करके सुवर्णमय सिंहासनपर विराजमान हो गये। वे राजे भी यथायोग्य अपने-अपने विचित्र सिंहासनोंपर जा बिराजे। उस समय यादवों तथा अन्यान्य नरपतियोंका वह समवाय देवताओं तथा दैत्योंसे भरी ब्रह्मसभा जैसी सुन्दर लग रही थी। उन सबने एकत्र होकर परस्पर विविध प्रकारका कथोपकथन आरम्भ किया और भगवान बैठे-बैठे उनके उस वार्तालापको सुनने लगे ॥८–१६॥ हे महाराज! उसी समय सहसा वायु प्रबल वेगसे बहने लगी। भीषण मेघगर्जनके साथ विद्युत्पात तथा

विविशुर्योजनाख्यासु स्वासु स्वासु च भूमिषु ॥ ततः श्रीमान्हृषीकेशः सह यादवपुंगवैः ॥ ११ ॥ समीपं मानवेन्द्राणां निर्ययौ कमलेक्षणः ॥ स तेषां नरदेवानां मध्यस्थो मधुसूदनः ॥ १२ ॥ व्यराजत यदुश्रेष्ठः शरदीव दिवाकरः ॥ स तत्र समुदाचारं यथास्थानं यथावयः ॥ १३ ॥ कृत्वा सिंहासने कृष्णः काञ्चने निषसाद ह ॥ राजानोऽपि यथास्थानं निषेदुर्विविधेष्वथ ॥ १४ ॥ सिंहासनेषु चित्रेषु पीठेषु च नराधिपाः ॥ स यादव-नरेन्द्राणां समाजः शुशुभे तदा ॥ १५ ॥ सुराणामसुराणां च सदसि ब्रह्मणो यथा ॥ तेषां चित्राः कथास्तत्र प्रवृत्तास्तत्समागमे ॥ यदूनां पार्थिवानां च केशवस्योपशृण्वतः ॥ १६ ॥ एतस्मिन्नन्तरे वायुर्ववौ मेघरवोपमः ॥ तुमुलं दुर्दिनं चासीत्सविद्युत्स्तनयित्नुमत् ॥ १७ ॥ तद्दुर्दिनतलं भित्त्वा नारदः प्रत्यदृश्यत ॥ संवेष्टितजटाभारो वीणासक्तेन बाहुना ॥ १८ ॥ स पपात नरेन्द्राणां मध्ये सागरसंनिभः ॥ नारदोऽग्निशिखाकारः श्रीमाञ्छक्रसखो मुनिः ॥ १९ ॥ तस्मिन्निपतिते भूमौ नारदे मुनिपुंगवे ॥ तदद्भुतं महामेघं व्यपाकृष्यत दुर्दिनम् ॥ २० ॥ सोऽवगाह्य नरेन्द्राणां मध्ये सागरसंनिभः ॥ आसनस्थं यदुश्रेष्ठमुवाच मुनिरव्ययम् ॥ २१ ॥ आश्चर्यं खलु देवानामेकस्त्वं पुरुषोत्तमः ॥ धन्यश्चासि महाबाहो लोके नान्योऽस्ति कश्चन ॥ २२ ॥ एवमुक्तः स्मितं कृत्वा प्रत्युवाच मुनिं प्रभुः ॥ आश्चर्यश्चैव धन्यश्च दक्षिणाभिः सहेत्यहम् ॥ २३ ॥ एवमुक्तो मुनिश्रेष्ठः प्राह मध्ये महीभृताम् ॥ कृष्ण पर्याप्तवाक्योऽस्मि गमिष्यामि यथागतम् ॥ २४ ॥ तं प्रस्थितमभिप्रेक्ष्य पार्थिवाः प्राहुरीश्वरम् ॥ गुह्यं मन्त्र-

वज्रपात होने लगा ॥१७॥ उस दुर्दिनका भेदन करके वीणापाणि, जटावेष्टित मस्तक, इन्द्रबन्धु, अग्निसदृश तेजस्वी और समुद्रसदृश गंभीर देवर्षि नारद आ उपस्थित हुए ॥१८॥१९॥ उनके पहुँचते ही मेघ और दुर्दिन सब लुप्त हो गया ॥ २० ॥ उस सभासागरमें अवगाहन करनेके बाद देवर्षिने भगवानको सम्बोधित करके कहा–॥ २१ ॥ 'हे पुरुषोत्तम! देवताओंके लिए आप एक आश्चर्यकी वस्तु हैं। हे महाबाहो! आप धन्य हैं। आपके सदृश संसारमें और कोई नहीं है' ॥ २२ ॥ नारदके ऐसा कहनेपर भगवानने मुसकाते हुए कहा–'हे ऋषिवर! केवल दक्षिणा द्वारा ही मैं आश्चर्यकी वस्तु और धन्य हूँ।' तब उन राजाओंके मध्य देवर्षि नारदने कहा—भगवन्! बहुत हो गया। अब और कुछ न कहिए। अच्छा, अब मैं चला

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥२३॥२४॥ ऐसा कहकर वे अपनी यात्राका उपक्रम करने लगे। हे महाराज! देवर्षि नारदको प्रस्थानके लिए उद्यत देखकर राजाओंने भगवानको सम्बोधित करके कहा—हे महाभाग! ऋषिवर नारदके आश्चर्यकी बातका उल्लेख करनेपर आपने 'दक्षिणाके साथ आश्चर्य और धन्य' कहकर उन देवमुनिको उत्तर दिया। हम लोग भलीभाँति विचार करके भी इस गुह्य विषयका मर्म नहीं समझ सके। यदि हमारे सुननेसे कोई हानि न हो तो कृपया यह विषय स्पष्ट करके बताइए। हम सुनना चाहते हैं॥ २५–२७॥ तब भगवानने उन नरेशोंसे कहा—इसे आप लोगोंके सुननेसे कोई हानि नहीं होगी। आप लोगोंके समक्ष नारदजी उपस्थित हैं। ये ही आपको यह विषय विशदरूपसे बतायेंगे॥२८॥ ऐसा उन राजाओंसे कहकर भगवान कृष्ण नारदसे बोले—ऋषिवर! आपने अभी जो मुझसे कहा और मैंने जो उत्तर दिया। उसका तात्पर्य आप इन नरेशोंको समझा दीजिए॥२९॥ हे महाराज! भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर देवर्षि नारद स्वर्णिम पीठासनपर बैठकर विस्तृतरूपसे भगवानके माहात्म्यका प्रतिपादन करते हुए बोले—॥ ३०॥ हे उपस्थित नरेद्रगण! मैं आप लोगोंको

मजानन्तो वचनं नारदेरितम्॥ २५॥ आश्चर्यमित्यभिहितं धन्योऽसीति च माधव॥ दक्षिणाभिः सहेत्येवं प्रत्युक्तेऽपि च नारदे॥ २६॥ किमेतन्नाभिजानीमो दिव्यं मन्द्रपदं महत्॥ यदि श्राव्यमिदं कृष्ण श्रोतुमिच्छाम तत्त्वतः॥ २७॥ तानुवाच ततः कृष्णः सर्वान्पार्थिवपुंगवान्॥ श्रोतव्यं नारदस्त्वेष द्विजो वः कथयिष्यति॥ २८॥ ब्रूहि नारद तत्त्वार्थं श्रोतुकामा महीभुजः॥ यत्त्वयाऽभिहितं वाक्यं मया नु प्रतिभाषितम्॥ २९॥ स पीठे काञ्चने शुभ्रे सूपविष्टः स्वलङ्कृतः॥ प्रभावं तस्य वन्द्यस्य प्रवक्तुमुपचक्रमे॥ ३०॥ नारद उवाच॥ श्रूयतां भो नृपश्रेष्ठा यावन्तः स्थ समागताः॥ अस्य कृष्णस्य महतो यथा पारमहं गतः॥ ३१॥ अहं कदाचिद्गङ्गायास्तीरे त्रिषवणातिथिः॥ चराम्येकः क्षपापाये दृश्यमाने दिवाकरे॥ ३२॥ अपश्यं गिरिकूटाभं कपालद्वयदेहिनम्॥ क्रोशमण्डलविस्तारं तावद्द्विगुणमायतम्॥ ३३॥ चतुश्चरणसुश्लिष्टं क्लिन्नं चैव सपङ्किलम्॥ मम वीणाकृतिं कूर्मं गजचर्मचयोपमम्॥ ३४॥ सोऽहं तं पाणिना स्पृष्ट्वा प्रोक्तवाञ्जलचारिणम्॥ त्वमाश्चर्यशरीरोऽसि कूर्म धन्योऽसि मे मतः॥ ३५॥ यस्त्वमेवमभेद्याभ्यां कपालाभ्यां समावृतः॥ तोये चरसि निःशङ्कः किंचिदन्यदचिन्तयन्॥ ३६॥ स मामुवाचाम्बुचरः कूर्मो मानुषवत्स्वयम्॥ किमाश्चर्यं मयि मुने धन्यश्चाहं कथं विभो॥ ३७॥ गंगेयं निम्नगा धन्या किमाश्चर्यमतः परम्॥ यत्राहमिव सत्त्वानि

इस प्रश्नका उत्तर दे रहा हूँ कि मैंने इन भगवान कृष्णकी महिमाका पार कैसे पाया। सो सुनिए—॥ ३१॥ एक समय मैं गंगाजीके तटपर रहता हुआ त्रिषवण व्रतका पालन कर रहा था। सो एक दिन सूर्योदयके समय देखा कि पर्वतशिखर सदृश दो मस्तकों युक्त, दो कोस लम्बा, कोसभर चौड़ा और चार चरणों युक्त मेरी वीणाके सदृश एक कच्छप मेरे सम्मुख विद्यमान है। उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो गजचर्मका अम्बार लगा हो॥ ३२–३४॥ देखते ही मैंने उसके शरीरका स्पर्श करके कहा—कूर्म! तुम्हारा शरीर अतिशय आश्चर्यमय है। अतएव तुम धन्य हो॥३५॥ क्योंकि तुम्हारे दो अभेद्य मस्तक हैं और सर्वथा निश्चिन्त तथा निःशंक होकर तुम जलमें विचरते हो॥ ३६॥ वह जलचर कच्छप मेरे वचन सुनकर मानवी वाणीमें बोला—हे मुनिराज! मुझमें आश्चर्यकी क्या बात है और मैं धन्य क्यों हूँ?॥ ३७॥ वस्तुतः नदीरूपमें विद्यमान गंगाजी धन्य और आश्चर्यमयी हैं। क्योंकि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इनकी गोदमें मुझ जैसे असंख्य जीव विचरण करते हैं ॥ ३८ ॥ तब मैं कौतूहलभरे भावसे गङ्गाजीके पास गया और कहा—हे सरित्श्रेष्ठे ! तुम धन्य हो । क्योंकि तुम्हारे जलमें बड़े-बड़े विशालकाय असंख्य जीव निवास करते हैं और तपस्वियोंके आश्रमोंकी रक्षा करती हुई तुम समुद्रमें जा मिलती हो । अतएव तुम्हीं धन्य हो और तुम्हीं आश्चर्यमयी हो ॥३९॥४०॥ मेरी बात सुनी तो मूर्तिमती होकर गंगाजी इन्द्रप्रिय द्विज नारदसे बोलीं—हे देवगन्धर्वपूजित मुनिराज ! हे संग्रामकलहप्रिय ! न मैं धन्य हूँ और न आश्चर्यमयी ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ तुम्हारे सदृश सत्यवक्ताके मुखसे यह बात सुनकर मुझे कष्ट हुआ । सबसे बढ़कर आश्चर्यमय और धन्य तो समुद्र है ॥ ४३ ॥ क्योंकि उसमें मुझ जैसी सैकड़ों नदियाँ जाकर समा जाती हैं । गंगाजीके वचन सुनकर मैं समुद्रके पास जा पहुँचा ॥ ४४ ॥ वहाँ पहुँचकर मैंने कहा—हे समुद्र ! तुम धन्य और आश्चर्यमय हो । क्योंकि तुम जलके निधान हो ॥ ४५ ॥ संसार

चरन्त्ययुतशो द्विज ॥ ३८ ॥ सोऽहं कुतूहलाविष्टो नदीं गंगामुपस्थितः ॥ धन्याऽसि त्वं सरिच्छ्रेष्ठे नित्यमाश्चर्यभूषिता ॥ ३९ ॥ या त्वमेवं
महादेहैः श्वापदैरुपशोभिता ॥ ह्रदिनी सागरं यासि रक्षन्ती तापसालयान् ॥ ४० ॥ एवमुक्ता ततो गंगा रूपिणी प्रत्यभाषत ॥ नारदं देवगन्धर्व
शक्रस्य दयितं द्विजम् ॥ ४१ ॥ मा मैवं देवगन्धर्व सङ्ग्रामकलहप्रिय ॥ नाहं अन्या द्विजश्रेष्ठ नैवाश्चर्योपशोभिता ॥ ४२ ॥ तव सत्ये निविष्टस्य
वाक्यं मां प्रतिबाधते ॥ सर्वाश्चर्यकरो लोके धन्यश्चैवार्णवो द्विज ॥ ४३ ॥ यत्राहमिव विस्तीर्णाः शतशो यान्ति निम्नगाः ॥ सोऽहं त्रिपथगा-
वाक्यं श्रुत्वाऽर्णवमुपस्थितः ॥ ४४ ॥ आश्चर्यं खलु लोकानां धन्यश्चासि महार्णव ॥ येन खल्वसि योनिस्त्वमम्भसां सलिलेश्वरः ॥ ४५ ॥ स्थाने
त्वां वारिवाहिन्यः सरितो लोकपावनाः ॥ इमाः समभिगच्छन्ति पत्न्यो लोकनमस्कृताः ॥ ४६ ॥ समुद्रस्त्वेवमुक्तस्तु ततो मामवदद्वचः ॥ स्वं
जलौघतलं भित्त्वा व्युत्थितः पवनेरितः ॥ ४७ ॥ मा मैवं देवगन्धर्व नास्म्याश्चर्यो द्विजर्षभ ॥ वसुधेयं मुने धन्या यत्राहमुपरि स्थितः ॥ ४८ ॥
ऋते तु पृथिवीं लोके किमाश्चर्यमतः परम् ॥ सोऽहं सागरवाक्येन क्षितिं क्षितितले स्थितः ॥ ४९ ॥ कौतूहलसमाविष्टो ह्यब्रुवं जगतो गतिम् ॥
धरित्रि देहिनां योने धन्या खल्वसि शोभने ॥५०॥ आश्चर्यं चापि भूतेषु महत्या क्षमया युते ॥ तेन खल्वसि भूतानां धरणी मनुजारणिः ॥५१॥
क्षमा त्वत्तः प्रभूता च कर्म चाम्बरगामिनाम् ॥ ततो भूः स्तुतिवाक्येन सा मयोक्तेन तेजिता ॥ ५२ ॥ विहाय सहजं धैर्यं प्रत्यक्षा मामभाषत ॥
क्षमा त्वत्तः ...
देवगन्धर्व मा मैवं संग्रामकलहप्रिय ॥ ५३ ॥ नास्मि धन्या न चाश्चर्यं पारक्येयं धृतिर्मम ॥ एते धन्या द्विजश्रेष्ठ पर्वता धारयन्ति माम् ॥ ५४ ॥

भरकी लोकनमस्कृत तथा पावन नदियाँ पत्नीरूपमें तुमसे आकर मिलती हैं ॥ ४६ ॥ मेरे ऐसा कहनेपर अपनी जलराशिसे बाहर निकलकर समुद्र बोला—द्विजवर ! मैं धन्य और आश्चर्यमय नहीं हूँ । वास्तवमें धन्य तथा आश्चर्यमयी तो यह पृथिवी है, जिसके ऊपर मैं टिका हुआ हूँ ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ इस संसारमें पृथिवीकी अपेक्षा आश्चर्यकी वस्तु और कोई भी नहीं है । समुद्रकी बात सुनकर मुझे कौतूहल हुआ और तत्काल मैं पृथिवीके पास गया ॥४९॥ उससे मैंने कहा—हे देवि धरित्री ! तुम क्षमागुणसम्पन्न हो और तुम्हारी ही कृपासे स्वर्गवासी प्राणियोंके सब कर्म पूर्ण होते हैं । अतएव तुम धन्य और आश्चर्यमयी हो । मेरे स्तुतिवाक्योंको सुनकर पृथिवी कुछ कुपित जैसी हो तथा धैर्य त्यागकर बोली—हे देवगन्धर्व !

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे संग्रामकलहप्रिय ! न मैं धन्य हूँ और न आश्चर्यमयी । मुझमें जो धैर्य तुम देख रहे हो, वह भी मेरा नहीं है । जो पर्वतगण मुझे धारण किये हुए हैं, वे धन्य हैं और संसारके सेतुस्वरूप वे पर्वत ही आश्चर्यमय हैं । पृथिवीकी बात सुनकर मैं तत्काल पर्वतोंके पास जा पहुँचा ॥५०–५५॥ मैंने उससे कहा—हे भूधर ! तुम्हीं धन्य और तुम्हीं आश्चर्यमय हो । क्योंकि सुवर्ण, रत्न तथा अन्यान्य धातुएँ तुम्हींसे उत्पन्न होती हैं । तुम संसारमें उत्कृष्ट वस्तुओंकी खानि हो । मेरी यह बात सुनकर पर्वतसमुदाय मुझे सान्त्वना प्रदान करता हुआ बोला—हे ब्रह्मर्षि ! न हम धन्य हैं और न हममें आश्चर्यकी ही कोई बात है । प्रजापति ब्रह्मा धन्य हैं और वे ही देवताओंके लिए भी आश्चर्यकी वस्तु हैं ॥ ५६–५८ ॥ तब मैं सृष्टिके मूलकारणस्वरूप चतुर्भुज ब्रह्माजीके पास गया और नतमस्तक होकर नमस्कार किया । तदनन्तर मैंने उनसे कहा—॥ ५९ ॥ ६० ॥ हे जगद्गुरो ! एकमात्र आप ही धन्य

आश्चर्याणि च दृश्यन्ते एते लोकस्य हेतवः ॥ सोऽहं धरणिवाक्येन पर्वतान्समुपस्थितः ॥ ५५ ॥ धन्या भवंतो दृश्यन्ते बह्वाश्चर्याश्च भूधराः ॥
काञ्चनस्याग्ररत्नस्य धातूनां च विशेषतः ॥ ५६ ॥ तेन खल्वाकराः सर्वे भवन्तो भुवि शाश्वताः ॥ ते ममैतद्वचः श्रुत्वा पर्वतास्तस्थुषां वराः ॥५७॥
ऊचुर्मां सान्त्वयुक्तानि वचांसि वनशोभिताः ॥ ब्रह्मर्षे न वयं धन्या नाप्याश्चर्याणि सन्ति नः ॥ ब्रह्मा प्रजापतिर्धन्यः सर्वाश्चर्यः सुरेष्वपि ॥५८॥
सोऽहं प्रजापतिं गत्वा सर्वप्रभवमव्ययम् ॥ तस्य वाक्यस्य पर्यायं पर्याप्तमिव लक्षये ॥ ५९ ॥ सोऽहं पितामहं देवं लोकयोनिं चतुर्मुखम् ॥ स्तोतुं
पश्चादुपगतः प्रणतोऽवनताननः ॥ ६० ॥ सोऽहं वाक्यसमाप्त्यर्थं श्रावये पद्मयोनिजम् ॥ आश्चर्यं भगवानेको धन्योऽसि जगतो गुरुः ॥ ६१ ॥
न किंचिदन्यत्पश्यामि भूतं यद्भवता समम् ॥ त्वत्तः सर्वमिदं जातं जगत्स्थावरजंगमम् ॥६२॥ सदेवदानवा मर्त्या लोकभूतेन्द्रियात्मकाः ॥ भवन्ति
सर्वदेवेश दृष्ट्वा सर्वमिदं जगत् ॥ ६३ ॥ तेन खल्वसि देवानां देवदेवः सनातनः ॥ तेषामेवासि यत्स्रष्टा लोकानामादिसम्भवः ॥ ६४ ॥ ततो
मां प्राह भगवान्ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ धन्याश्चर्याश्रितैर्वाक्यैः किं मां नारद भाषसे ॥ ६५ ॥ आश्चर्यं परमं वेदा धन्या वेदाश्च नारद ॥ ये
लोकान्धारयन्ति स्म वेदास्तत्त्वार्थदर्शिनः ॥ ६६ ॥ ऋक्सामयजुषां सत्यमथर्वणि च यन्मतम् ॥ तन्मयं विद्धि मां विप्र धृतोऽहं तैर्मया च ते
॥ ६७ ॥ पारमेष्ठ्येन वाक्येन नोदितोऽहं स्वयंभुवा ॥ वेदोपस्थानिकां मतिं चक्रे संस्थानविस्तरात् ॥ ६८ ॥ सोऽहं स्वयंभुवचनाद्वेदान्वै समुपस्थि-

और आश्चर्यमय हैं । आपके तुल्य मैं और किसीको भी नहीं देखता । स्थावर-जंगमात्मक अखिल जगत् आपसे ही उत्पन्न हुआ है ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ देवता, दानव, मानव, सजीव, दृश्य एवं अदृश्य सभी वस्तुओंकी सृष्टि आपके द्वारा ही हुई है । इसी कारण आप सनातन देवदेव, सर्वस्रष्टा और लोकभावन कहलाते हैं ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ तदनन्तर लोकपितामह ब्रह्माने मुझे सम्बोधित करके कहा—नारद ! तुमने मुझे जिस प्रकार धन्य और आश्चर्यमय कहकर सम्बोधित किया है, वैसा मैं नहीं हूँ ॥ ६५ ॥ समस्त त्रिलोकीमें चारों वेद ही धन्य और परम आश्चर्यमय पदार्थ हैं । वेदचतुष्टय ही तीनों लोकोंको धारण करते हैं ॥६६॥ अतएव चतुर्वेदमय होनेके सिवाय मैं और कुछ भी नहीं हूँ । अर्थात् चारों वेद ही मुझे धारण करते हैं और मैं उन्हें धारण करता हूँ ॥ ६७ ॥ परश्रेष्ठी पितामहके वचनोंसे मुझे ऐसी प्रेरणा मिली कि मैंने एकाग्र चित्तसे अङ्ग-उपाङ्ग समेत वेदोंका ध्यान किया ॥ ६८ ॥ पितामह ब्रह्माके वचन सुनकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैं चारों वेदोंके पास गया और उनसे कहा—हे वेदचतुष्टय ! मैंने प्रजापति ब्रह्माजीके मुखारविन्दसे सुना है कि आप ही धन्य, आश्चर्यमय एवं ब्राह्मणोंके आधार हैं ॥ ६९ ॥ ७० ॥ श्रुति तथा तपस्या किसी भी अंशमें आपकी अपेक्षा श्रेष्ठ नहीं हो सकती। लोकपितामह ब्रह्माने भी इस प्रश्नका इसी प्रकार समाधान किया है ॥ ७१ ॥ तदनन्तर मूर्तरूपमें चारों वेद मेरे सम्मुख उपस्थित होकर मुझे सम्बोधित करके बोले— नारद ! इस संसारमें मेरे आश्रयस्वरूप यज्ञ ही धन्य एवं परमाश्चर्यस्वरूप हैं ॥ ७२ ॥ यज्ञके निमित्त ही विधाताने हमारी सृष्टि की है। अतएव हमारा सर्वस्व यज्ञ ही है और हम स्वतंत्र न रहकर सदा यज्ञोंके अधीन रहते हैं ॥ ७३ ॥ वे यज्ञ हमारी अपेक्षा बहुत अंशोंमें श्रेष्ठ हैं। ब्रह्माजीसे श्रेष्ठ हम हैं और हमसे भी श्रेष्ठ यज्ञ हैं। वेदोंकी इन उक्तियोंसे प्रभावित होकर मैंने अग्निपुरस्कृत यज्ञोंको सम्बोधित करके कहा—हे यज्ञगण ! मैंने ब्रह्माजी तथा चारों वेदोंके मुखसे ऐसा सुना है कि

तः ॥ उवाच चैतांश्चतुरो मन्त्रप्रवचनान्वितान् ॥ ६९ ॥ धन्या भवन्तः पुण्याश्च नित्यमाश्चर्यभूषिताः ॥ आधाराश्चैव विप्राणामेवमाह प्रजापतिः
॥ ७० ॥ स्वयंभुवोऽपीह परं भवत्सु प्रश्नमागतम् ॥ युष्मत्परतरं नास्ति श्रुत्या वा तपसाऽपि वा ॥ ७१ ॥ प्रत्यूचुस्ते ततो वाक्यं वेदा मामभितः
स्थिताः ॥ आश्चर्याश्चैव धन्याश्च यज्ञाश्चात्मपरायणाः ॥ ७२ ॥ यज्ञार्थं च वयं सृष्टा धात्रा येन स्म नारद ॥ तदस्माकं परो यज्ञो न वयं स्ववशे
स्थिताः ॥ ७३ ॥ स्वयंभुवः परा वेदा वेदानां क्रतवः पराः ॥ ततोऽहमब्रुवं यज्ञान्बृहद्वाग्भिः पुरस्कृतान् ॥ ७४ ॥ भो यज्ञाः परमं तेजो युष्मासु
खलु लक्ष्यते ॥ ब्रह्मणाऽभिहितं वाक्यं यच्च वेदैरुदीरितम् ॥ ७५ ॥ आश्चर्यमन्यल्लोकेऽस्मिन्भवद्भ्यो नाभिगम्यते ॥ धन्याः खलु भवन्तो ये
द्विजातीनां स्ववंशजाः ॥ ७६ ॥ तेऽपि खल्वग्नयस्तृप्तिं युष्माभिर्यान्ति तर्पिताः ॥ भागैश्च त्रिदशाः सर्वे मन्त्रैश्चैव महर्षयः ॥ ७७ ॥ अग्निष्टोमा-
दयो यज्ञा मम वाक्यादनन्तरम् ॥ प्रत्यूचुर्मां ततो वाक्यं सर्वे यूपध्वजाः स्थिताः ॥ ७८ ॥ आश्चर्यशब्दो नास्मासु धन्यशब्दोऽपि वा मुने ॥
आश्चर्यं परमं विष्णुः स ह्यस्माकं परा गतिः ॥ ७९ ॥ यदाज्यं वयमश्नीमो हुतमग्निषु पावनम् ॥ तत्सर्वं पुण्डरीकाक्षो लोकमूर्तिः प्रयच्छति ॥ ८० ॥
सोऽहं विष्णोर्गतिं प्रेप्सुरिह संपतितो भुवि ॥ दृष्टश्चायं मया कृष्णो भवद्भिरिह संवृतः ॥ ८१ ॥ यन्मयाऽभिहितो ह्येष त्वमाश्चर्यं जनार्दन ॥

संसारमें आप सबसे बढ़कर आश्चर्यकी वस्तु और कोई नहीं है। अतएव आप ही धन्य हैं और आप ही ब्राह्मणोंके कुलमें उत्पन्न हुए हैं ॥ ७४–७६ ॥ इसी कारण अग्निगण आपके द्वारा, देवता यज्ञभाग द्वारा और ऋषिगण मन्त्रों द्वारा परितृप्त होते हैं। अतएव आप सबका तेज सर्वांशमें अधिक ज्ञात होता है। मेरी बात सुनकर अग्निष्टोमादि यज्ञोंने मुझे सम्बोधित करके कहा—॥ ७७ ॥ ७८ ॥ हे मुनिवर ! हम लोग धन्य अथवा आश्चर्य शब्द प्रयोगके योग्य नहीं हैं। एकमात्र विष्णु ही परम आश्चर्यमय हैं और वे ही हमारे आधार हैं ॥७९॥ अग्निरूपी मुखसे मैं जिस पावन आज्यका भोजन करता हूँ, सो लोकमूर्ति विष्णु ही हमें वह सब हवनीय पदार्थ प्रदान करते हैं ॥८०॥ यज्ञोंके वचन सुनकर मैं विष्णु भगवानकी खोज करता-करता इस भूलोकमें आ उपस्थित हुआ और यहाँ आकर मैंने देखा कि वे विष्णुभगवान आप लोगोंकी इस सभामें विराजमान हैं ॥ ८१ ॥ इसी कारण मैंने इन्हें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखते ही कहा—आप ही आश्चर्यमय और आप ही धन्य हैं। भगवान्‌ने भी 'दक्षिणाके साथ' यह कहकर मेरे प्रश्नका उत्तर दे दिया। इनके इतना कह देनेसे ही मेरे प्रश्नका यथोचित उत्तर हो गया ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ फलतः दक्षिणायुक्त विष्णु ही सब यज्ञोंकी एकमात्र गति हैं। मैं उस विशाल पृष्ठ तथा द्विभुज कच्छपके पाससे चलकर क्रमशः यहाँ तक चला आया। यहाँ आनेपर मेरा वाक्य पूर्ण हो गया ॥ ८४ ॥ ८५ ॥ हे नरपतिगण! आप लोगोंने जो जिज्ञासा की थी, उसका समाधान कर दिया। अब मैं अपने स्थानको जाता हूँ ॥ ८६ ॥ हे महाराज जनमेजय! देवर्षि नारदके ऐसा कहकर स्वर्गलोक चले जानेपर वहाँ उपस्थित राजाओंको बड़ा विस्मय हुआ। तदनन्तर कुछ देर बाद वे राजे अपनी-अपनी सेना और वाहनके साथ अपनी राजधानियोंको चले गये ॥ ८७ ॥ इधर भगवान कृष्ण भी अग्निसदृश तेजस्वी यादवोंके साथ अपने भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ८८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

धन्यश्चासीति भवतां मध्यस्थो ह्यत्र पार्थिवाः ॥ ८२ ॥ प्रत्युक्तोऽहमनेनाद्य वाक्यस्यास्य यदुत्तरम् ॥ दक्षिणाभिः सहेत्येवं पर्याप्तं वचनं मम ॥ ८३ ॥ यज्ञानां हि गतिर्विष्णुः सर्वेषां सहदक्षिणः ॥ दक्षिणाभिः सहेत्येवं प्रश्नो मम समाप्तवान् ॥ ८४ ॥ कूर्मेणाभिहितं पूर्वं पारम्पर्यादिहागतम् ॥ सद्क्षिणेऽस्मिन्पुरुषे तद्वाक्यं प्रतिपादितम् ॥ ८५ ॥ यन्मां भवन्तः पृच्छन्ति वाक्यस्यास्य विनिर्णयम् ॥ तदेतत्सर्वमाख्यातं साधयामि यथागतम् ॥ ८६ ॥ नारदे तु गते स्वर्गं सर्वे ते पृथिवीभुजः ॥ विस्मिताः स्वानि राष्ट्राणि जग्मुः सबलवाहनाः ॥ ८७ ॥ जनार्दनोऽपि सहितो यदुभिः पावकोपमैः ॥ स्वमेव भवनं वीरो विवेश यदुनन्दनः ॥ ८८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे धन्योपाख्यानं नाम द्वादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११२ ॥

जनमेजय उवाच ॥ भूय एव महाबाहो कृष्णस्य जगतां पतेः ॥ माहात्म्यं श्रोतुमिच्छामि परमं द्विजसत्तम ॥ १ ॥ न हि मे तृप्तिरस्तीह शृण्वतस्तस्य धीमतः ॥ कर्मणामनुसन्धानं पुराणस्य महात्मनः ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ नान्तः शक्यः प्रभावस्य वक्तुं वर्षशतैरपि ॥ गोविन्दस्य महाराज श्रूयतामिदमद्भुतम् ॥ ३ ॥ शरतल्पे शयानेन भीष्मेण परिचोदितः ॥ गाण्डीवधन्वा बीभत्सुर्माहात्म्यं केशवस्य तत् ॥ ४ ॥ राज्ञां मध्ये महाराज ज्येष्ठं भ्रातरमब्रवीत् ॥ युधिष्ठिरं जितामित्रमिति तच्छृणु कौरव ॥ ५ ॥ अर्जुन उवाच ॥ पुराऽहं द्वारकां यातः संबन्धीनवलोककः ॥ न्यवसं पूजितस्तत्र भोजवृष्ण्यन्धकोत्तमैः ॥ ६ ॥ ततः कदाचिद्धर्मात्मा दीक्षितो मधुसूदनः ॥ एकाहेन महाबाहुः शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥ ७ ॥ ततो

पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११२ ॥

(वासुदेवमाहात्म्य) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर! जगत्पति पुरातन पुरुष महात्मा कृष्णके कर्म-अनुसन्धानविषयक अनेक चरित्र मैंने सुने। किन्तु जो कुछ सुना, उतनेसे तृप्ति नहीं हो रही है। अतएव आप उन महात्माके माहात्म्यका और भी प्रतिपादन करिए ॥ १ ॥ २ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! मैं सौ वर्षोंमें भी भगवान कृष्णके माहात्म्यका पूर्णरूपसे वर्णन नहीं कर सकूँगा। फिर भी उनसे सम्बन्धित एक आश्चर्यजनक विषयको चर्चा कर रहा हूँ, सुनिए—॥ ३ ॥ शरशय्यापर शयन करते हुए भीष्मपितामहने गाण्डीवधारी अर्जुनको भगवानके जो माहात्म्य सुनाये थे, वह वृत्तान्त बताते हुए अर्जुनने राजसभाके मध्य विराजमान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने ज्येष्ठ भ्राता युधिष्ठिरसे कहा—एक बार मैं स्वजनोंसे मिलनेके लिए द्वारका पुरी गया और वहाँ यादवों द्वारा सम्मानित होता हुआ कुछ दिन रहा। उसी बीच महात्मा कृष्णने शास्त्रीय रीतिसे एकाहव्रतकी दीक्षा ली ॥४-७॥ व्रतमें दीक्षित होकर वे बैठे हुए थे। उसी समय एक ब्राह्मण 'मेरी रक्षा करिए' यह कहता हुआ उनके समीप आ उपस्थित हुआ ॥८॥ ब्राह्मण बोला—हे प्रभो! रक्षाका अधिकार आपको प्राप्त है। अतएव आप मेरी रक्षा करें। जो व्यक्ति किसीकी रक्षा करता है तो रक्ष्य व्यक्तिके धर्मका चतुर्थांश रक्षकको प्राप्त होता है ॥९॥ भगवान कृष्ण बोले—हे द्विजोत्तम! मैं आपकी रक्षा करूँगा। पहले यह तो बताइए कि आपको भय किससे है? अतएव सर्वथा निर्भय होकर कहिए कि कौन आपका अहितकारी है। यदि आपकी रक्षाका कार्य दुष्कर होगा, तो भी मैं उसे पूर्ण करूँगा ॥ १० ॥ ब्राह्मणने कहा—भगवन्! मेरा पुत्र उत्पन्न होते ही अपहृत हो जाता है। इस प्रकार अबतक मेरे तीन पुत्र नष्ट हो चुके है। चौथे पुत्रकी रक्षा आपको करनी होगी ॥ ११ ॥ इस समय ब्राह्मणीके प्रसवका समय उपस्थित है। अतएव आप ऐसा कुछ करिए कि जिससे मेरे इस पुत्रकी रक्षा

दीक्षितमासीनमभिगम्य द्विजोत्तमः ॥ कृष्णं विज्ञापयामास त्राहि त्राहीति चाब्रवीत् ॥ ८ ॥ ब्राह्मण उवाच ॥ रक्षाधिकारो भवतः परित्रायस्व मां विभो ॥ चतुर्थांशं हि धर्मस्य रक्षिता लभते फलम् ॥ ९ ॥ वासुदेव उवाच ॥ न भेतव्यं द्विजश्रेष्ठ रक्षामि त्वां कुतो भयम् ॥ ब्रूहि तत्त्वेन भद्रं ते यद्यपि स्यात्सुदुष्करम् ॥ १० ॥ ब्राह्मण उवाच ॥ जातो जातो महाबाहो पुत्रो मे ह्रियतेऽनघ ॥ त्रयो हृताश्चतुर्थं त्वं कृष्ण रक्षितुमर्हसि ॥ ११ ॥ ब्राह्मण्याः सूतिकालोऽद्य तत्र रक्षा विधीयताम् ॥ यथा ध्रियेदपत्यं मे तथा कुरु जनार्दन ॥ १२ ॥ अर्जुन उवाच ॥ ततो मामाह गोविन्दो दीक्षितोऽहं क्रताविति ॥ रक्षा च ब्राह्मणे कार्या सर्वावस्थागतैरपि ॥ १३ ॥ श्रुत्वाऽहमेवं कृष्णस्य वचोऽवोचं नराधिप ॥ मां नियोजय गोविन्द रक्षिष्येऽहं द्विजं भयात् ॥ १४ ॥ इत्युक्तः स स्मितं कृत्वा मामुवाच जनार्दनः ॥ शक्ष्यसीत्येवमुक्तस्तु व्रीडितोऽस्मि नराधिप ॥ १५ ॥ ततो मां व्रीडितं मत्वा पुनराह जनार्दनः ॥ गम्यतां कौरवश्रेष्ठ शक्यते यदि रक्षितुम् ॥ १६ ॥ त्वत्पुरोगाश्च रक्षन्तु वृष्ण्यन्धकमहारथाः ॥ ऋते रामं महाबाहुं प्रद्युम्नं च महाबलम् ॥ १७ ॥ ततोऽहं वृष्णिसैन्येन महता परिवारितः ॥ तमग्रतो द्विजं कृत्वा प्रयातः सह सेनया ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासुदेवमाहात्म्ये शतोपरि त्रयोदशोऽध्यायः ॥ ११३ ॥

हो जाय ॥१२॥ अर्जुन कहते हैं—ब्राह्मणके वचन सुनकर भगवान कृष्णने मुझसे कहा—इस समय मैं यज्ञकी दीक्षा ले चुका हूँ। किन्तु सभी अवस्थाओंमें ब्राह्मणकी रक्षा करना परमावश्यक है ॥ १३ ॥ भगवानकी बात सुनकर मैंने कहा—हे गोविन्द! आप यह कार्यभार मुझपर डाल दीजिए। मैं जाकर इस विप्रका उस विपत्तिसे उद्धार करूँगा ॥ १४ ॥ मेरे वचन सुने तो तनिक मुस्काकर भगवान बोले—यह काम कर सकोगे? उनकी बात सुनकर मैं लज्जित हो गया ॥ १५ ॥ मुझे लज्जित देखकर श्रीकृष्णने कहा—हे कौरवश्रेष्ठ! यदि इसकी रक्षा कर सकते होओ तो जाओ। इसमें हानि ही क्या है? ॥१६॥ वृष्णि और अन्धकवंशी यादव-महारथी सहायतार्थ तुम्हारे साथ जायँगे। केवल महाबाहु बलराम और महाबली प्रद्युम्न यहाँ मेरे पास रहेंगे ॥ १७ ॥ तदनन्तर वृष्णिवंशियोंकी विशाल वाहिनी साथ ले तथा उस ब्राह्मणको आगे करके मैं उसके पीछे-पीछे चला ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोदशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११३ ॥

(भगवान कृष्णका उत्तर दिशाको गमन) अर्जुन बोले—हे महाराज ! वहाँसे चलकर थोड़ी ही देरमें मैं उस ब्राह्मणके गाँवमें जा पहुँचा । मेरे सब वाहन थक गये थे । अतएव सर्वप्रथम मैंने शिविरसन्निवेशका उपक्रम किया ॥ १ ॥ हे कुरुनन्दन ! तदनुसार ग्रामके मध्यभागमें शिविर स्थापित हो गया । यादवोंकी सेनाने मुझे चारों ओरसे घेरकर अपना पड़ाव डाला ॥२॥ उसके कुछ ही क्षणों बाद उग्र स्वभावके पक्षी एवं क्रूरभाषी पशु चीत्कार करते हुए भयका सञ्चार करने लगे ॥ ३ ॥ सूर्य जपावर्णके होकर प्रभाशून्य हो गये । क्षण-क्षणपर उल्कापात होने लगा । पृथिवी काँपने लगी । उन दारुण उत्पातोंको देखकर मैंने सेना सुसज्जित हो जानेका आदेश दिया ॥ ४ ॥ ५ ॥ तदनुसार सात्यकि प्रभृति वृष्णि और अन्धकवंशी यादव महारथी सुसज्जित हो-होकर अपने-अपने रथोंपर सवार हो गये । मैं भली भाँति तैयार होकर अपने रथपर जा बैठा ॥ ६ ॥ क्रमशः अर्द्धरात्रिके समय बहुत ही भयभीत

अर्जुन उवाच ॥ मुहूर्तेन वयं ग्रामं तं प्राप्य भरतर्षभ ॥ विश्रान्तवाहनाः सर्वे निवासायोपसंस्थिताः ॥ १ ॥ ततो ग्रामस्य मध्येऽहं निविष्टः कुरुनन्दन ॥ समन्ताद्वृष्णिसैन्येन महता परिवारितः ॥ २ ॥ ततः शकुनयो दीप्ता मृगाश्च क्रूरभाषिणः ॥ दीप्तायां दिशि वाशन्तो भयमावेदयन्ति मे ॥ ३ ॥ सन्ध्यारागो जपावर्णो भानुमांश्चैव निष्प्रभः ॥ पपात महती चोल्का पृथिवी चाप्यकम्पत ॥ ४ ॥ तान्समीक्ष्य महोत्पातान्दारुणाँल्लोमहर्षणान् ॥ योगमाज्ञापयंस्तत्र जनस्योत्सुकचेतसः ॥ ५ ॥ युयुधानपुरोगाश्च वृष्ण्यन्धकमहारथाः ॥ सर्वे युक्तरथाः सज्जाः स्वयं चाहं तथाऽभवम् ॥ ६ ॥ गतेऽर्द्धरात्रसमये ब्राह्मणो भयविक्लवः ॥ उपागम्य भयादस्मानिदं वचनमब्रवीत् ॥ ७ ॥ कालोऽयं समनुप्राप्तो ब्राह्मण्याः प्रसवस्य मे ॥ तथा भवन्तस्तिष्ठन्तु न भवेद्वञ्चनं यथा ॥ ८ ॥ मुहूर्तादेव चाश्रौषं कृपणं रुदितस्वनम् ॥ तस्य विप्रस्य भवने ह्रियतेऽह्रियतेति च ॥ ९ ॥ अथाकाशे पुनर्वाचमश्रौषं बालकस्य वै ॥ ऊँहेति ह्रियमाणस्य न च पश्यामि राक्षसम् ॥ १० ॥ ततोऽस्माभिस्तदा तात शरवर्षैः समन्ततः ॥ विष्टम्भिता दिशः सर्वा हृत एव स बालकः ॥ ११ ॥ विप्र आर्तस्वरं कृत्वा हृते तस्मिन्कुमारके ॥ वाचः स परुषास्तीव्राः श्रावयामास मां तदा ॥ १२ ॥ वृष्णयो हतसंकल्पास्तथाऽहं नष्टचेतनः ॥ मामेवं हि विशेषेण ब्राह्मणः प्रत्यभाषत ॥ १३ ॥ रक्षिष्यामीति चोक्तं ते न च रक्षितवानसि ॥

भावसे उस ब्राह्मणने आकर मुझसे कहा—हे पार्थ ! अब ब्राह्मणीके प्रसवका समय आ गया है । अतएव आपलोग सावधान हो जाइए और ऐसाकुछ करिए कि जिससे मुझे पुत्रधनसे वञ्चित न होना पड़े ॥ ७ ॥ ८ ॥ वह ब्राह्मण ऐसा कह ही रहा था कि इतनेमें उसके घरमें—'यह हर गया—मेरा यह पुत्र भी हर लिया गया' कहकर उसके कुटुम्बियोंने भयानक आर्तनाद आरम्भ कर दिया ॥९॥ उसके बाद ही आकाशमें उस हरे हुए बालककी 'ऊँह' की अस्पष्ट ध्वनि सुनायी पड़ी, किन्तु उसे हरनेवाले राक्षसका पता नहीं लगा ॥१०॥ तदनन्तर मैंने अपने विकराल बाणोंकी वृष्टि करके सब दिशायें रूँध दीं । फिर भी उस राक्षसने किस तरह बालकका अपहरण कर लिया, इस बातका पता नहीं लग सका ॥११॥ उधर ब्राह्मण आर्तस्वरमें विलाप करता हुआ कहने लगा—यादवोंका भी प्रयत्न विफल हो गया और मेरा तो सर्वस्व लुट गया । इसके बाद वह मुझे सम्बोधित करके बोला—अर्जुन ! तुम तो 'मैं रक्षा करूँगा' ऐसा कहकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अग्रसर हुए थे। सो तुमने मेरे बालककी रक्षा कर ली ? तुम जो भगवान कृष्णके साथ स्पर्धा करना चाहते हो, यह तुम्हारी भूल है। यदि इस समय यहाँ भगवान वासुदेव उपस्थित होते तो ऐसा अनर्थ कदापि न होता ॥१२–१५॥ जो भी हो, जिस प्रकार रक्षक रक्षा करनेपर धर्मके चतुर्थांशका अधिकारी होता है, उसी तरह रक्षकको रक्षाकार्य करनेमें असफल होनेपर उसे पापके भी चतुर्थांशका भागीदार होना पड़ता है ॥१६॥ तुमने कहा था–'मैं रक्षा करूँगा'। किन्तु अन्तमें मेरे बालककी रक्षा नहीं ही कर सके। अतएव तुम्हारे गाण्डीव धनुष, तुम्हारे पराक्रम और तुम्हारी कीर्तिको धिक्कार है ॥ १७ ॥ उस समय ब्राह्मणको बिना कुछ उत्तर दिये ही मैं वृष्णियों और अन्धकोंके साथ महातेजस्वी भगवान कृष्णके पास लौट आया ॥ १८ ॥ भगवानने मुझे अत्यन्त लज्जित एवं दुःखित देखकर आश्वासन दिया और ब्राह्मणको भी समझाकर ढाढ़स बँधाया ॥ १९ ॥ मुझे लज्जित देखकर उस ब्राह्मणने मेरी भर्त्सना करते हुए भगवानके सम्मुख कहा—भगवन् ! मेरी मूर्खता ही थी, जो इस नामर्दकी बातपर मैंने विश्वास किया ॥२०॥ प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, बलराम और साक्षात् कृष्ण जिसकी रक्षा नहीं

शृणु वाक्यमिदं शेषं यत्त्वमर्हसि दुर्मते ॥ १४ ॥ वृथा त्वं स्पर्द्धसे नित्यं कृष्णेनामितबुद्धिना ॥ यदि स्यादिह गोविन्दो नैतदत्यहितं भवेत् ॥ १५ ॥ यथा चतुर्थं धर्मस्य रक्षिता लभते फलम् ॥ पापस्यापि तथा मूढ भागं प्राप्नोत्यरक्षिता ॥ १६ ॥ रक्षिष्यामीति चोक्तं ते न च शक्तोऽसि रक्षितुम् ॥ मोघं गाण्डीवमेतत्ते मोघं वीर्यं यशश्च ते ॥ १७ ॥ अकिञ्चिदुक्त्वा तं विप्रं ततोऽहं प्रस्थितस्तथा ॥ सह वृष्ण्यन्धकसुतैर्यत्र कृष्णो महाद्युतिः ॥ १८ ॥ ततो द्वारवतीं गत्वा दृष्ट्वा मधुनिघातिनम् ॥ व्रीडितः शोकसंतप्तो गोविन्देनोपलक्षितः ॥ १९ ॥ स तु मां व्रीडितं दृष्ट्वा विनिन्दन्कृष्णसन्निधौ ॥ मौढ्यं पश्यत मे योऽहं श्रद्दधे क्लीबकत्थनम् ॥ २० ॥ न प्रद्युम्नो नानिरुद्धो न रामो न च केशवः ॥ यत्र शक्ताः परित्रातुं कोऽन्यस्तदवनेश्वरः ॥ २१ ॥ धिग्गर्जनं वृथानादं धिगात्मश्लाघिनो धनुः ॥ दैवोपसृष्टो यो मौर्ख्यादागच्छति च दुर्मतिः ॥ २२ ॥ एवं शपति विप्रर्षौ विद्यामास्थाय वैष्णवीम् ॥ ययौ संयमिनीं वीरो यत्रास्ते भगवान् यमः ॥ २३ ॥ विप्रापत्यमचक्षाणस्तत ऐन्द्रीमगात्पुरीम् ॥ आग्नेयीं नैर्ऋतीं सौम्यामुदीचीं वारुणीं तथा ॥ २४ ॥ रसातलं नाकपृष्ठं धिष्ण्यान्यन्यान्युदायुधः ॥ ततोऽलब्ध्वा द्विजसुतमनिस्तीर्णप्रतिश्रवः ॥ २५ ॥ अग्निं विविक्षुः कृष्णेन प्रद्युम्नेन निषेधितः ॥ दर्शये द्विजसूनुं ते मावज्ञात्मानमात्मना ॥ २६ ॥ कीर्तिं त एते विपुलां स्थापयिष्यन्ति मानवाः ॥

कर सके, उसकी रक्षा भला और कौन कर पायेगा ॥ २१ ॥ इसके गर्जन, व्यर्थ विवाद, आत्मश्लाघा और धनुपको धिक्कार है। यह मूर्ख विधिके विधानको समझे बिना ही इस दुष्कर कार्यके लिए अग्रसर हो गया ॥ २२ ॥ उस ब्राह्मणको इस प्रकार दुखी देखकर मैं भगवान कृष्णकी वैष्णवी मायाकी सहायतासे यमराजकी संयमनी पुरीमें गया ॥२३॥ वहाँ ब्राह्मणके बालकको न पाकर इन्द्रकी अमरावती पुरीमें गया। वहाँसे चलकर आग्नेयी, नैर्ऋती, सौम्या, उदीची और वारुणी दिशाको गया ॥२४॥ रसातल-आकाश आदि सभी स्थानोंमें मैं गया, किन्तु कहीं भी मुझे ब्राह्मणका बालक नहीं मिला और मेरी प्रतिज्ञा पूर्ण नहीं हुई ॥२५॥ उस परिस्थितिमें मैं अग्निमें भस्म हो जानेको उद्यत हो गया। किन्तु भगवान कृष्ण और प्रद्युम्नने मुझे रोक दिया। भगवानने कहा–अर्जुन ! तुम आत्मग्लानि मत करो। मैं तुम्हें वह ब्राह्मणबालक प्राप्त करा दूँगा ॥ २६ ॥ इससे संसारमें तुम्हें असाधारण कीर्ति प्राप्त होगी। बड़े

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्नेहके साथ ऐसा कहकर भगवानने मुझे आश्वासन दिया ॥२७॥ ब्राह्मणको भी इसी प्रकार सान्त्वना देकर उन्होंने दारुक सारथीको आज्ञा दी—दारुक ! तुम मेरे रथमें शीघ्र शैब्य, सुग्रीव, मेघपुष्प और बलाहक नामके घोड़ोंको जोतो । तदनन्तर जब रथ जुतकर तैयार हो गया तब मुझे, उस ब्राह्मणको और दारुकको रथारोहणकी आज्ञा दी ॥ २८ ॥ २९ ॥ उसके बाद भगवानने मुझसे कहा—अर्जुन ! सारथीका काम तुम स्वयं करो । इस प्रकार मैं, श्रीकृष्ण और वह ब्राह्मण तीनों रथपर बैठकर द्वारकासे उत्तर दिशाको प्रस्थान कर दिये ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां चतुर्दशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११४ ॥

(भगवानका ब्राह्मणपुत्रको वापस लाना) अर्जुन बोले—तदनन्तर विविध पर्वतों, नदियों और वनोंका लाँघकर हम सब समुद्रके तटपर जा पहुँचे ॥१॥ तत्काल समुद्र मूर्तिमान्

इति संभाष्य मां स्नेहात्समाश्वास्य च माधवः ॥ २७ ॥ सान्त्वयित्वा तु तं विप्रमिदं वचनमब्रवीत् ॥ सुग्रीवं चैव शैब्यं च मेघपुष्पबलाहकौ
॥ २८ ॥ योजयाश्वानिति तदा दारुकं प्रत्यभाषत ॥ आरोप्य ब्राह्मणं कृष्णो ह्यवरोप्य च दारुकम् ॥ २९ ॥ मामुवाच ततः शौरिः सारथ्यं
क्रियतामिति ॥ ततः समास्थाय रथं कृष्णोऽहं ब्राह्मणः स च ॥ प्रयाताः स्म दिशं सौम्यामुदीचीं कौरवर्षभ ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु
हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासुदेवमाहात्म्ये कृष्णस्य उदीचीगमने चतुर्दशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११४ ॥

अर्जुन उवाच ॥ ततः पर्वतजालानि सरितश्च वनानि च ॥ अपश्यं समतिक्रम्य सागरं वरुणालयम् ॥ १ ॥ ततोऽर्घ्यमुदधिः साक्षादुपनीय
जनार्दनम् ॥ स प्राञ्जलिः समुत्थाय किं करोमीति चाब्रवीत् ॥ २ ॥ प्रतिगृह्य स तां पूजां तमुवाच जनार्दनः ॥ रथपन्थानमिच्छामि त्वया दत्तं
नदीपते ॥३॥ अथाब्रवीत्समुद्रस्तु प्राञ्जलिर्गरुडध्वजम् ॥ प्रसीद भगवन्नैवमन्योऽप्येवं गमिष्यति ॥४॥ त्वयैव स्थापितः पूर्वमगाधोऽस्मि जनार्दन ॥
त्वया प्रवर्तिते मार्गे यास्यामि गमनीयताम् ॥ ५ ॥ अन्येऽप्येवं गमिष्यन्ति राजानो दर्पमोहिताः ॥ एवं संचिन्त्य गोविन्द यत्क्षमं तत्समाचर
॥ ६ ॥ वासुदेव उवाच ॥ ब्राह्मणार्थं मदर्थं च कुरु सागर मद्वचः ॥ मद्दते न पुमान्कश्चिदन्यस्त्वां धर्षयिष्यति ॥ ७ ॥ अथाब्रवीत्समुद्रस्तु पुनरेव
जनार्दनम् ॥ अभिशापभयाद्भीतो बाढमेवं भविष्यति ॥ ८ ॥ शोषयाम्येष मार्गं तं येन त्वं कृष्ण यास्यसि ॥ रथेन सह सूतेन सध्वजेन तु केशव

हो और हाथमें अर्घ्य लेकर भगवान कृष्णके सम्मुख आ उपस्थित हुआ । समुद्रने हाथ जोड़कर कहा—हे देव ! मेरे लिए क्या आज्ञा है, मैं आपकी क्या सेवा करूँ ? ॥ २ ॥ उसकी पूजा स्वीकार करके भगवानने कहा—हे जलनिधि ! मुझे अपना रथ ले जानेके लिए मार्गकी आवश्यकता है ॥३॥ तब हाथ जोड़कर समुद्र बोला—हे प्रभो ! यदि मैं आपको मार्ग दूँगा तो अन्यान्य मदान्ध राजे भी उसी मार्गपर चलने लगेंगे ॥ ४ ॥ आपने ही मुझे अगाधताकी पदवी प्रदान की है । अतएव अब आप ही विवेचनापूर्वक कोई उपाय सोचिए । मैं उसे माननेके लिए उद्यत हूँ ॥ ५ ॥ भगवान वासुदेव बोले—हे सागर ! एक ब्राह्मणका बहुत बड़ा कार्य आ उपस्थित हुआ है । अतएव मेरी बात मानकर तुम मुझे मार्ग दे दो । मेरे अतिरिक्त और कोई भी तुम्हारा अतिक्रमण नहीं करेगा ॥ ६ ॥ ७ ॥ अभिशापसे भयभीत होकर समुद्रने कहा—'जैसी आपकी मरजी, आप जैसा चाहते हैं वही होगा ॥ ८ ॥ मैं अपना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जल सोखकर आपके लिए पथ प्रशस्त किये देता हूँ। उसीपर अपना रथ ले जाइए ।. ९ ॥ भगवान कृष्ण बोले—हे समुद्र ! मैं तो तुम्हें पहले ही यह वरदान दे चुका हूँ कि तुम्हारा जल कभी न सूखेगा और मनुष्य लोग तुम्हारे गर्भमें उपस्थित विविध रत्नराशिको न जान सकेंगे ॥ १० ॥ हे भद्र ! अब तुम अपने जलको समेट लो। जिससे मैं अपना रथ ले जाऊँ। मैं फिर भी कहता हूँ कि तुम्हारे अन्तस्तलमें विद्यमान रत्नोंके परिमाणको कोई नहीं जान सकेगा ॥ ११ ॥ तब समुद्रने भगवानकी बात मानकर अपना जल समेट लिया और श्रीकृष्ण मणियोंसे देदीप्यमान स्थलपथके समान उस जलपथसे अपना रथ लेकर चले ॥ १२ ॥ इस प्रकार समुद्र पार करके उत्तरकुरु प्रदेशको लाँघते हुए वे गन्धमादन पर्वतपर जा पहुँचे ॥ १३ ॥ वहाँ उनके पहुँचे ही अति विस्मयजनक रूप तथा विविध वर्णधारी जयन्त, वैजयन्त, नील, रजत, सुमेरु, कैलास और इन्द्रकूट ये सात पर्वत उनके समक्ष आ उपस्थित हुए और प्रणाम

॥ ९ ॥ वासुदेव उवाच ॥ मया दत्तो वरः पूर्वं न शोषं यास्यसीति ह ॥ मानुषास्ते न जानीयुर्विविधान् रत्नसञ्चयान् ॥ १० ॥ जलं स्तम्भय साधो त्वं ततो यास्याम्यहं रथी ॥ न च कश्चित्प्रमाणं ते रत्नानां वेत्स्यते नरः ॥११॥ सागरेण तथेत्युक्ते प्रस्थिताः स्मो जलेन वै ॥ स्तम्भितेन पथा भूमौ मणिवर्णेन भास्वता ॥ १२ ॥ ततोऽर्णवं समुत्तीर्य कुरूनप्युत्तरान्वयम् ॥ क्षणेन समतिक्रान्ता गन्धमादनमेव च ॥ १३ ॥ ततस्तु पर्वताः सप्त केशवं समुपस्थिताः ॥ जयन्तो वैजयन्तश्च नीलो रजतपर्वतः ॥ १४ ॥ महामेरुः सकैलास इन्द्रकूटश्च नामतः ॥ बिभ्राणा वर्णरूपाणि विविधान्यद्भुतानि च ॥ १५ ॥ उपस्थाय च गोविन्दं किं कुर्मेत्यब्रुवंस्तदा ॥ तांश्चैव प्रतिजग्राह विधिवन्मधुसूदनः ॥ १६ ॥ तानुवाच हृषीकेशः प्रणामावनतान्स्थितान् ॥ विवरं गच्छतो मेऽद्य रथमार्गः प्रदीयताम् ॥ १७ ॥ ते कृष्णस्य वचः श्रुत्वा प्रतिगृह्य च पर्वताः ॥ प्रददुः कामतो मार्गं गच्छतो भरतर्षभ ॥ १८ ॥ तत्रैवान्तर्हिताः सर्वे तदाश्चर्यतरं मम ॥ असक्तं च रथो याति मेघजालेष्विवांशुमान् ॥ १९ ॥ सप्त द्वीपान्ससिन्धूंश्च सप्त सप्त गिरीनथ ॥ लोकालोकं तथाऽतीत्य विवेश सुमहत्तमः ॥ २० ॥ ततः कदाचिद्दुःखेन रथमूहुस्तुरङ्गमाः ॥ पङ्कभूतं हि तिमिरं स्पर्शाद्विज्ञायते नृप ॥ २१ ॥ अथ पर्वतभूतं तत्तिमिरं समपद्यत ॥ तदासाद्य महाराज निष्प्रयत्ना हयाः स्थिताः ॥ २२ ॥ ततश्चक्रेण

करके बोले—हे प्रभो ! हम आपकी क्या सेवा करें ? आज्ञा दीजिए। भगवानने भी उनका समुचित आदर किया ॥ १४–१६ ॥ अनन्तभावसे स्थित उन पर्वतोंसे श्रीकृष्णने कहा—मुझे विवरके भीतर जाना है। अतएव तुम लोग वहाँ जानेके लिए मेरे रथका मार्ग प्रदान करो ॥१७॥ हे महाराज ! भगवान कृष्णके वचन सुनते ही पर्वत उनके रथका मार्ग देकर अन्तर्धान हो गये। यह कौतुक देखकर मुझे आश्चर्य हुआ। सूर्य जैसे मेघके बीचसे चलते हैं, उसी प्रकार भगवानका रथ धीरे-धीरे उस पर्वतविवरके भीतर चलने लगा ॥ १८ ॥ १९ ॥ इस प्रकार उनका रथ समुद्रों समेत सातों द्वीपों तथा सप्त पर्वतोंको पार करके घोर अन्धकारसे परिपूर्ण लोकालोक पर्वतके विवरमें प्रविष्ट हुआ ॥ २० ॥ अब वे घोड़े घोरतर अन्धकारका भेदन करते हुए चलने लगे। अन्धकार इतना भीषण था कि कुछ भी नहीं दिखाई देता था। केवल स्पर्शेन्द्रियसे ही कुछ अनुभव होता था ॥ २१ ॥ २२ ॥ तब भगवान कृष्णने सुदर्शन चक्रसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उस अन्धकारको नष्ट कर दिया। अब रथका मार्ग सुस्पष्ट दिखायी देने लगा ॥ २३ ॥ उस अन्धकारसे निकलनेपर मेरा भय दूर हुआ। उस समय ऐसा लगा कि मानो मेरा पुनर्जन्म हुआ हो ॥ २४ ॥ अब आकाशपथ मिला, किन्तु मैंने देखा कि उस आकाशमार्गमें पुरुषशरीरधारी, दिगन्तव्यापी और प्रज्वलित एक तेजोराशि विद्यमान है ॥ २५ ॥ उसे देखकर भगवान रथसे उतर पड़े और उसी तेजोराशिमें विलीन हो गये। अब रथपर मैं और वह ब्राह्मण केवल दो ही व्यक्ति रह गये। थोड़ी ही देर बाद भगवान अपने साथ चार ब्राह्मणबालकोंको लिये हुए बाहर आ गये ॥ २६ ॥ २७ ॥ तेजोराशिसे निकलकर वे रथपर आये और चारों बालक उस ब्राह्मणको दे दिये। बालकोंको पाकर ब्राह्मणके आनन्दका ठिकाना नहीं रहा। भगवानके कार्यकलाप देख मैं विस्मित होकर अपने आपको भूल गया। साथ ही अपार आनन्द भी हुआ ॥ २८ ॥ २९ ॥ तदनन्तर हमको, उस ब्राह्मणको और उसके बालकोंको साथ लिये हुए दो

गोविन्दः पाटयित्वा तमस्तदा ॥ आकाशं दर्शयामास रथपन्थानमुत्तमम् ॥ २३ ॥ निष्क्रम्य तमसस्तस्मादाकाशे दर्शिते तदा ॥ भविष्यामीति संज्ञा मे भयं च विगतं मम ॥ २४ ॥ ततस्तेजः प्रज्वलितमपश्यं तत्तदाऽम्बरे ॥ सर्वलोकं समाविश्य स्थितं पुरुषविग्रहम् ॥ २५ ॥ तं प्रविष्टो हृषीकेशो दीप्तं तेजोनिधिं तदा ॥ रथ एव स्थितश्चाहं स च ब्राह्मणसत्तमः ॥२६॥ स मुहूर्तात्ततः कृष्णो निश्चक्राम तदा प्रभुः ॥ चतुरो बालकान्गृह्य ब्राह्मणस्यात्मजांस्तदा ॥ २७ ॥ प्रददौ ब्राह्मणायाथ पुत्रान्सर्वाञ्जनार्दनः ॥ त्रयः पूर्वं हृता ये च सद्यो जातश्च बालकः ॥ २८ ॥ प्रहृष्टो ब्राह्मणस्तत्र पुत्रान्दृष्ट्वा पुनः प्रभो ॥ अहं च परमप्रीतो विस्मितश्चाभवं तदा ॥ २९ ॥ ततो वयं पुनः सर्वे ब्राह्मणस्य च ते सुताः ॥ यथागता निवृत्ताः स्म तथैव भरतर्षभ ॥ ३० ॥ ततः स्म द्वारकां प्राप्ताः क्षणेन नृपसत्तम ॥ असंप्राप्तेऽर्द्धदिवसे विस्मितोऽहं पुनः पुनः ॥ ३१ ॥ सपुत्रं भोजयित्वा तु द्विजं कृष्णो महायशाः ॥ धनेन वर्षयित्वा च गृहं प्रास्थापयत्तदा ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासुदेवमाहात्म्ये ब्राह्मणपुत्रानयने पंचदशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११५ ॥

अर्जुन उवाच ॥ ततः कृष्णो भोजयित्वा शतानि सुबहूनि च ॥ विप्राणामृषिकल्पानां कृतकृत्योऽभवत्तदा ॥ १ ॥ ततः सह मया भुक्त्वा वृष्णिभोजैश्च सर्वशः ॥ विचित्राश्च कथा दिव्याः कथयामास भारत ॥ २ ॥ ततः कथान्ते तत्राहमभिगम्य जनार्दनम् ॥ अपृच्छं तद्य-

पहर दिन बीतनेके पहले ही भगवान द्वारकापुरीमें जा पहुँचे। यह कौतुक देखकर मुझे और भी आश्चर्य हुआ ॥ ३० ॥ ३१ ॥ तत्पश्चात् भगवानने पुत्रों समेत उस ब्राह्मणको भोजन कराया और धनदानसे तृप्त करके विदा कर दिया ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां पंचदशाधिकततमोऽध्यायः ॥ ११५ ॥

(कृष्णार्जुनसम्वाद) अर्जुन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर भगवान कृष्ण ऋषिसदृश सैकड़ों ब्राह्मणोंको भोजन कराके कृतकृत्य हुए ॥ १ ॥ उसके बाद मुझे तथा ऋषियोंको साथ लेकर भगवानने स्वयं भोजन किया। भोजनोपरान्त हमलोग बैठकर विविध प्रकारके वार्तालाप करने लगे ॥ २ ॥ कथोपकथनकी परम्परा समाप्त होनेपर मैं भगवानके पास गया।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और इस यात्राप्रसंगमें जो घटनायें घटी थीं, उनकी चर्चा करते हुए मैंने कहा—हे सखे ! आपने समुद्रको कैसे सुखाया ? वे पर्वत कैसे विदीर्ण हो गये ? आपके चक्रसे वह अन्धकारराशि कैसे दूर हो गयी और आप उस तेजोराशिमें कैसे विलीन हो गये ? ॥३–५॥ उन विप्रबालकोंके अपहृत होनेका क्या कारण था ? उतना लम्बा रास्ता संक्षिप्त कैसे हो गया ? इतने कम समयमें इतनी दूरका मार्ग आपने कैसे तै कर लिया ? यह समस्त वृत्तान्त आप मुझे भली भाँति बतलाइए ॥ ६ ॥ ७ ॥ भगवान वासुदेव बोले—हे अर्जुन ! मेरा दर्शन पानेके लिए उस बाल-अपहर्ताने ऐसा किया था । ब्राह्मणबालकोंके उद्धारकार्यके सिवाय मेरा और किसी भी तरह वहाँ जाना सम्भव नहीं था । यह सोचकर ही उसने उन बालकोंका अपहरण किया था ॥८॥ जो तुमने तेजोराशि देखी थी, वह मेरा सनातन ब्रह्ममय तेज था । वह तेज मेरी स्थूल-सूक्ष्मस्वरूपा सनातन प्रकृतिमें था । योगीगण जब उस प्रकृतिमें विलीन हो जाते हैं, तभी

थावृत्तं कृष्णं यद्दृष्टवानहम् ॥ ३ ॥ कथं समुद्रः स्तब्धोदः कृतस्तु कमलेक्षण ॥ पर्वतानां च विवरं कृतं तत्कथमच्युत ॥ ४ ॥ तमस्तच्च कथं घोरं घनं चक्रेण पाटितम् ॥ तच्च यत्परमं तेजः प्रविष्टोऽसि कथं च तत् ॥ ५ ॥ किमर्थं तेन ते बालास्तदा चापहृताः प्रभो ॥ यच्च ते दीर्घमध्वानं संक्षिप्तं तत्कथं पुनः ॥६॥ कथं चाल्पेन कालेन कृतं तत्तद्गतागतम् ॥ एतत्सर्वं यथावृत्तमाचक्ष्व मम केशव ॥७॥ वासुदेव उवाच ॥ मद्दर्शनार्थं ते बाला हृतास्तेन महात्मना ॥ विप्रार्थमेष्यते कृष्णो नागच्छेदन्यथेति ह ॥ ८ ॥ ब्रह्मतेजोमयं दिव्यं महद्यद्दृष्टवानसि ॥ अहं स भरतश्रेष्ठ मत्तेजस्तत्सनातनम् ॥९॥ प्रकृतिः सा मम परा व्यक्ताऽव्यक्ता सनातनी ॥ यां प्रविश्य भवन्तीह मुक्ता योगविदुत्तमाः ॥१०॥ सा संख्यानां गतिः पार्थ योगिनां च तपस्विनाम् ॥ तत्पदं परमं ब्रह्म सर्वं विभजते जगत् ॥११॥ मामेव तद्घनं तेजो ज्ञातुमर्हसि भारत ॥ समुद्रः स्तब्धतोयोऽहमहं स्तम्भयिता जलम् ॥१२॥ अहं ते पर्वताः सप्त ये दृष्टा विविधास्त्वया ॥ पङ्कभूतं हि तिमिरं दृष्टवानसि यद्धि तत् ॥१३॥ अहं तमो घनीभूतमहमेव च पाटकः ॥ अहं च कालो भूतानां धर्मश्चाहं सनातनः ॥ १४ ॥ चन्द्रादित्यौ महाशैलाः सरितश्च सरांसि च ॥ चतस्रश्च दिशः सर्वा ममैवात्मा चतुर्विधाः ॥ १५ ॥ चातुर्वर्ण्यं मत्प्रसूतं चातुराश्रम्यमेव च ॥ चातुर्विध्यस्य कर्ताऽहमिति बुध्यस्व भारत ॥ १६ ॥ अर्जुन उवाच ॥ भगवन् सर्वभूतेश वेत्तुमिच्छामि ते प्रभो ॥ पृच्छामि त्वां प्रपन्नोऽहं नमस्ते पुरुषोत्तम ॥ १७ ॥ वासुदेव उवाच ॥ ब्रह्म च ब्राह्मणाश्चैव तपः सत्यं च भारत ॥ उग्रं

उन्हें मुक्ति मिलती है ॥९॥१०॥ वह प्रकृति ही सांख्यमतावलम्बी योगियोंकी एकमात्र गति है । वे उसे उत्कृष्ट ब्रह्मपद कहते हैं । उसीके द्वारा इस जगत्का विभाजन होता है ॥११॥ हे अर्जुन ! मैं ही वह प्रदीप्त तेजोराशि हूँ । तुमने जो समुद्रको स्तम्भित होते देखा है, वह भी मैं ही हूँ । उसका स्तम्भन करनेवाला भी मेरे सिवाय और कोई नहीं है ॥ १२ ॥ तुमने जो सात पर्वत और घनीभूत अन्धकार देखा था, वह भी मेरे सिवाय और कुछ नहीं था । हमींने अनायास उस प्रबल अन्धकारको नष्ट किया था । संसारमें लोग मुझको ही काल, धर्म, चन्द्र, सूर्य, पृथिवी, पर्वत, नदी, नद तथा सरोवर मानते और चारों दिशाओंको मेरा स्वरूप कहते हैं ॥१३–१५॥ मुझसे ही चारों वर्णों, चारों आश्रमों और विद्याओंकी उत्पत्ति हुई है । अतएव मैं ही सर्वमय हूँ ॥ १६ ॥ भगवान कृष्णके वचन सुनकर उनको सम्बोधित करते हुए मैंने कहा—हे प्रभो ! आपको नमस्कार है । मैं आपका स्वरूप जाननेके लिए नितान्त अधीर हूँ और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आपके शरणागत हूँ। अतएव आपको मुझे अपना स्वरूप निर्देश करना ही होगा ॥१७॥ मेरे ऐसा कहनेपर भगवान बोले—हे धनञ्जय! मैं ही ब्रह्म, ब्राह्मण, तपस्या, सत्य, उग्र, बृहत् और अणु हूँ। मेरे द्वारा ही जगत्के सब प्रपंचोंकी उत्पत्ति हुई है। हे सखे! जैसा मैं तुम्हें प्रिय हूँ, उसी प्रकार तुम भी मुझे प्रिय हो ॥ १८ ॥ प्रिय समझकर ही मैंने तुम्हें अपना स्वरूप बतलाया है, नहीं तो न बतलाता। मैं ही ऋक्, यजुः, साम और अथर्ववेद हूँ ॥ १९ ॥ ऋषि, देवता, यज्ञ, तेज, पृथिवी, वायु, आकाश, जल, ज्योति, चन्द्र, सूर्य, दिन, रात्रि, पक्ष, मास, ऋतु, मुहूर्त, कला, क्षण, संवत्सर, मन्त्र, शास्त्र, विद्या और वेद्य आदि सब कुछ मुझसे ही उत्पन्न हुआ है ॥ २०—२२ ॥ हे कौन्तेय! ह्रास, वृद्धि, सत् असत् और शुद्ध ब्रह्म मैं ही हूँ ॥ २३ ॥ अर्जुन बोले—हे महाराज! प्रसन्न मनसे भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर मेरा मन भक्तिरससे ओत-प्रोत हो गया ॥ २४ ॥ हे धर्मराज! मैंने जनार्दन भगवानके

बृहत्तमं चैव मत्तस्तद्विद्धि पाण्डव ॥ प्रियस्तेऽहं महाबाहो प्रियो मेऽसि धनञ्जय ॥ १८ ॥ तेन ते कथयिष्यामि नान्यथा वक्तुमुत्सुहे ॥ अहं यजूंषि सामानि ऋचश्चाथर्वणानि च ॥ १९ ॥ ऋषयो देवता यज्ञा मत्तेजो भरतर्षभ ॥ पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ २० ॥ चन्द्रादित्यावहोरात्रं पक्षा मासास्तथर्तवः ॥ मुहूर्ताश्च कलाश्चैव क्षणाः संवत्सरास्तथा ॥ २१ ॥ मन्त्राश्च विविधाः पार्थ यानि शास्त्राणि कानिचित् ॥ विद्याश्च वेदितव्यं च मत्तः प्रादुर्भवन्ति हि ॥ २२ ॥ मन्मयं विद्धि कान्तेय क्षयं सृष्टिं च भारत ॥ सच्चासच्च ममैवात्मा सदसच्चैव यत्परम् ॥ २३ ॥ अर्जुन उवाच ॥ एवमुक्तोऽस्मि कृष्णेन प्रीयमाणेन वै तदा ॥ तथैव च मनो नित्यमभवन्मे जनार्दने ॥ २४ ॥ एतच्छ्रुतं च दृष्टं च माहात्म्यं केशवस्य मे ॥ यन्मां पृच्छसि राजेन्द्र भूयांश्चातो जनार्दनः ॥ २५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतच्छ्रुत्वा कुरुश्रेष्ठो धर्मराजो युधिष्ठिरः ॥ पूजयामास धर्मात्मा गोविन्दं पुरुषोत्तमम् ॥ २६ ॥ विस्मितश्चाभवद्राजा सह सर्वैः सहोदरैः ॥ राजभिश्च समासीनैर्ये तत्रासन्समागताः ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासुदेवमाहात्म्ये कृष्णार्जुनसंभाषणे षोडशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११६ ॥

जनमेजय उवाच ॥ भूय एव द्विजश्रेष्ठ यदुसिंहस्य धीमतः ॥ कर्माण्यपरिमेयानि श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ १ ॥ श्रूयन्ते विविधानि स्म अद्भुतानि महाद्युतेः ॥ असंख्येयानि दिव्यानि प्रकृतान्यपि सर्वशः ॥ २ ॥ यान्यहं विविधान्यस्य श्रुत्वा प्रीये महामुने ॥ प्रब्रूयाः सर्वशस्तात

माहात्म्यके विषयमें जो कुछ सुना था या प्रत्यक्ष अनुभव किया था, सो सब कह सुनाया। उन भगवानके कर्तृत्वमें इससे भी अधिक विशेषता सम्भव हो सकती है ॥ २५ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! धर्मराज युधिष्ठिरने अर्जुनके मुखसे यह समस्त वृत्तान्त सुनकर मन ही मन भगवानकी वन्दना की। इतना ही नहीं, वे स्वयं, उनके भ्राता तथा वहाँ आये अन्यान्य राजे भी यह वृत्तान्त सुनकर चकपका गये ॥ २६ ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां षोडशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११६ ॥

(भगवान वासुदेवकी महिमा) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे द्विजश्रेष्ठ! यदुवीर भगवान कृष्णचन्द्रके असंख्य यशसम्पन्न चरित्रोंको सुनकर मेरा मन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आनन्दके सागरमें निमग्न हो गया है। फिर भी मेरी श्रवणलालसा तृप्त नहीं होने आती। अतएव जिससे उनका चरितामृत पान करके मैं तृप्त हो सकूँ, तदर्थ कोई उपाय करिए ॥१–३॥ वैशम्पायन बोले–हे महाराज! मैंने महात्मा कृष्णके अनेक विस्मयजनक चरित्र आपको सुनाये। सच तो यह है पूर्णरीतिसे उनके गुणों और कार्योंको कहना मेरे वशकी बात नहीं है। फिर जो मुझे ज्ञात है, उसे यथावत् कह रहा हूँ। आप मन एकाग्र करके सुनिए—॥ ४–६ ॥ भगवान कृष्णने द्वारकापुरीमें निवास करते समय अन्यान्य अनेक नरेशोंके शासनकार्यमें खलबली मचा दी थी ॥ ७ ॥ दैत्यवर विचक्र यादवोंका असाधारण छिद्रान्वेषी था, उसे भगवानने मार डाला। तदनन्तर प्राग्ज्योतिषपुरमें पहुँचकर उन्होंने दुरात्मा नरकासुरका वध किया। रणभूमिमें इन्द्रको पराजित करके पारिजात तरु छीन लाये ॥ ८ ॥ ९ ॥ वरुणदेवको उन्होंने लोहित समुद्रमें पराजित किया। दक्षिणापथमें उनके हाथों कारूष

तानि मे शृण्वतोऽनघ ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ बहून्याश्चर्यभूतानि केशवस्य महात्मनः ॥ कथितानि महाबाहो नान्तं शक्यं हि कर्मणाम्
॥ ४ ॥ गन्तुं हि भरतश्रेष्ठ विस्तरेण समन्ततः ॥ अवश्यं हि मया वाच्यं लेशमात्रेण भारत ॥ ५ ॥ विष्णोरमितवीर्यस्य प्रथितोदारकर्मणः ॥
आनुपूर्व्या प्रवक्ष्यामि शृणुष्वैकमना नृप ॥ ६ ॥ द्वारवत्यां निवसता यदुसिंहेन धीमता ॥ राष्ट्राणि नृपमुख्यानां क्षोभितानि महात्मनाम् ॥ ७ ॥
यदूनामन्तरं प्रेप्सुर्विचक्रो दानवो हतः ॥ पुरं प्राग्ज्योतिषं गत्वा पुनस्तेन महात्मना ॥ ८ ॥ समुद्रमध्ये दुष्टात्मा नरको दानवो हतः ॥ वासवं
च रणे जित्वा पारिजातो हृतो बलात् ॥ ९ ॥ वरुणश्चैव भगवान्निर्जिते लोहिते ह्रदे ॥ दन्तवक्त्रश्च कारूषो निहतो दक्षिणापथे ॥ १० ॥ शिशु-
पालश्च संपूर्णे किल्बिषैकशते हतः ॥ गत्वा च शोणितपुरं शंकरेणाभिरक्षितः ॥ ११ ॥ बलेः सुतो महावीर्यो बाणो बाहुसहस्रभृत् ॥ महामृधे महा-
राज जित्वा जीवन्विसर्जितः ॥ १२ ॥ निर्जितः पावकश्चैव गिरिमध्ये महात्मना ॥ शाल्वश्च विजितः सङ्ख्ये सौभश्च विनिपातितः ॥ १३ ॥
विक्षोभ्य सागरं चैव पाञ्चजन्यो वशीकृतः ॥ हयग्रीवश्च निहतो नृपाश्चान्ये महाबलाः ॥ १४ ॥ जरासन्धस्य निधने मोक्षिताः सर्वपार्थिवाः ॥
रथेन जित्वा नृपतीन्गान्धारतनया हृता ॥ १५ ॥ भ्रष्टराज्याश्च शोकार्ताः पाण्डवाः परिरक्षिताः ॥ दाहितं च वनं घोरं पुरुहूतस्य खाण्डवम्

दन्तवक्त्रका वध हुआ ॥१०॥ एक सौ अपराध पूर्ण हो जानेपर उन्होंने शिशुपालका वध किया। राजा बलिका पुत्र बाणासुर, जो सहस्र भुजाओंसे सम्पन्न था। उसे स्वयं शंकरजीने आकर बचाया था। वह बाणासुर शोणितपुरमें भगवानके साथ युद्ध करके अन्तमें केवल उनकी कृपासे ही जीवित बच सका ॥ ११ ॥ १२ ॥ अग्निदेव पर्वतके मध्यमें उनके हाथों परास्त हुए। उन्होंने शाल्वको पराजित किया और सौभको मार डाला ॥१३॥ उन कृष्ण भगवानने सागरमें क्षोभ उत्पन्न करके पाञ्चजन्यको हस्तगत किया और हयग्रीवका वध करके अन्यान्य अनेक राजाओंको परास्त किया ॥ १४ ॥ जरासन्धका वध कराके उन्होंने उसके बहुतेरे बन्दी राजाओंकी रक्षा की। अनेकानेक राजाओंको पराजित करके श्रीकृष्णने गान्धारराजकी पुत्रीका पाणिग्रहण किया ॥१५॥ पाण्डवगण राज्यच्युत होकर बहुत दुखी थे। सो भगवान कृष्णने ही कृपा करके उनकी रक्षा की थी। उन्होंने देवराज इन्द्रके खाण्डववनको भस्म कर डाला

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था ॥ १६ ॥ इससे प्रसन्न होकर अग्निदेवने अर्जुनको गाण्डीव धनुष प्रदान किया था। एकमात्र भगवान कृष्ण ही इस कार्यमें मुख्य सहायक थे। महाभारतका भीषण युद्ध आरम्भ होनेपर वे पाण्डवोंके दूत बने थे ॥ १७ ॥ उन्होंने ही यदुवंशका विस्तार किया था। एक बार उन्होंने ही कुन्तीके समक्ष यह प्रतिज्ञा की थी कि महाभारतका युद्ध समाप्त होनेपर ही मैं आपके पुत्रोंको आपके हाथों अर्पण करूँगा। उन भगवान कृष्णने ही राजा नृगको दारुण शापसे मुक्त किया था ॥ १८ ॥ १९ ॥ जगत्प्रसिद्ध कालयवन उन्हींके द्वारा मारा गया था। मैन्द और द्विविद ये दोनों वानर असाधारण पराक्रमी और अनन्य रणकुशल योद्धा थे। किन्तु भगवान कृष्णके समक्ष उन्हें भी हार माननी पड़ी थी। जाम्बवान्को भी उनसे परास्त होना पड़ा था। हे महाराज! आपके पिता महाराज परीक्षित तथा गुरु सान्दीपनिके पुत्र कालके गालमें समा चुके थे। सो उनको भगवान कृष्णने ही पुनरुज्जीवित

॥ १६ ॥ गाण्डीवं चाग्निना दत्तमर्जुनायोपपादितम् ॥ दौत्यं च तत्कृतं घोरे विग्रहे जनमेजय ॥ १७ ॥ अनेन यदुमुख्येन यदुवंशो विवर्धितः ॥
कुन्त्याश्च प्रमुखे प्रोक्ता प्रतिज्ञा पाण्डवान्प्रति ॥ १८ ॥ निवृत्ते भारते युद्धे प्रतिदास्यामि त्वत्सुतान् ॥ मोक्षितश्च महातेजा नृगः शापात्सु-
दारुणात् ॥ १९ ॥ यवनश्च हतः संख्ये काल इत्यभिविश्रुतः ॥ वानरौ च महावीर्यौ मैन्दो द्विविद एव च ॥ २० ॥ विजितौ युधि दुर्धर्षौ
जाम्बवांश्च पराजितः ॥ सान्दीपनेस्तथा पुत्रस्तव चैव पिता तथा ॥२१॥ गतौ वैवस्वतवशं जीवितौ तस्य तेजसा ॥ सङ्ग्रामा बहवः घोरा
नरवरक्षयाः ॥ २२ ॥ निहताश्च नृपाः सर्वे कृत्वा तज्जयमद्भुतम् ॥ जनमेजयास्य युद्धेषु तथा ते वर्णिता मया ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते
खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि वासुदेवमाहात्म्ये सप्तदशोपरि शततमोऽध्यायः ॥ ११७ ॥

जनमेजय उवाच ॥ भूय एव महाबाहो यदुसिंहस्य धीमतः ॥ कर्माण्यपरिमेयानि श्रुतानि द्विजसत्तम ॥ १ ॥ त्वत्तः श्रुतवतां श्रेष्ठ वासु-
देवस्य धीमतः ॥ यत्त्वया कथितं पूर्वं बाणं प्रति महासुरम् ॥ २ ॥ तदहं श्रोतुमिच्छामि विस्तरेण तपोधन ॥ कथं च देवदेवस्य पुत्रत्वमसुरो
गतः ॥ ३ ॥ योऽभिगुप्तः स्वयं ब्रह्मञ्छङ्करेण महात्मना ॥ सहवासं गतेनैव सगणेन गुहेन तु ॥ ४ ॥ बलेर्बलवतः पुत्रो ज्येष्ठो भ्रातृशतस्य यः ॥
वृतो बाहुसहस्रेण दिव्यास्त्रशतधारिणा ॥ ५ ॥ असङ्ख्यैश्च महाकायैर्महाबलशतैर्वृतः ॥ वासुदेवेन स कथं बाणः सङ्ख्ये पराजितः ॥ ६ ॥ संर-

किया था। इसके अतिरिक्त जो-जो राजे उनके साथ संग्राममें प्रवृत्त हुए, वे घोरतर युद्धमें उनके हाथों मारे गये। उन सबका वर्णन मैं आपके समक्ष कर ही चुका हूँ ॥ २०–२३ ॥

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्त[illegible]धिकशततमोऽध्यायः ॥ ११७ ॥

(भगवान कृष्णका बाणासुरके साथ युद्ध) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले——हे विप्रवर! मैंने आपके मुखारविन्दसे भगवान वासुदेवके माहात्म्यविषयक अनेकानेक चरित्र सुने। अभी-अभी आपने जो बाणासुरकी चर्चा की, सो उस दैत्यने शंकर भगवानका पुत्रत्वपद कैसे प्राप्त किया ॥ १–३ ॥ साक्षात् शंकर भगवान जिसके रक्षक और कार्तिकेय सहायक थे। जो बलवान् राजा बलिके सौ पुत्रोंमें ज्येष्ठ पुत्र था। सैकड़ों दिव्यास्त्रोंसे विभूषित जिसकी हजार भुजायें थीं और जो दैत्य घोरतर मायायुद्धमें प्रवीण था, उसको भगवान कृष्णने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समरभूमिमें किस तरह पराजित किया ? और किस लिए उन्होंने उस द्वन्द्वयुद्धार्थी बाणासुरको जीवित छोड़ दिया ? वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अब जिस कारण बाणासुरके साथ श्रीकृष्णका महान् युद्ध उपस्थित हो गया था, जिस लिए शंकर भगवान तथा कार्तिकेयने उसे वरदान दिया था ॥ ४–७ ॥ अमित तेजस्वी भगवान कृष्णका जिस कारण मानवलोकमें बाणासुरके साथ कलह उपस्थित हो गया था, वह सब वृत्तान्त बताता हूँ । सुनिए–॥ ८ ॥ जिस प्रकार उसने शंकर भगवानका पुत्रत्व प्राप्त किया था, जिस तरह शङ्करजी और स्वामिकार्तिकेय बाणासुरके घरमें निवास करते थे, जिससे अक्षय गाणपत्य पद प्राप्त किया था और जिस निमित्तसे भगवान कृष्णने युद्धमें पराजित करके उसे जीवित ही छोड़ दिया था ॥ ९ ॥ १० ॥ जिसके लिए भीषण युद्ध हुआ था, वह सब मैं बता रहा हूँ । सावधान मनसे श्रवण करिए ॥ ११ ॥ एक दिन शंकरसुवन कार्तिकेय खेल रहे थे । उसी समय बलिपुत्र बाणासुर उनका

ब्धश्चैव युद्धार्थी जीवन्मुक्तः कथं च सः ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणुष्वावहितो राजन्कृष्णस्यामिततेजसः ॥ ७ ॥ मनुष्यलोके बाणेन यथाऽभूद्विग्रहो महान् ॥ वासुदेवेन यत्रासौ रुद्रस्कन्दसहायवान् ॥ ८ ॥ बलिपुत्रो रणश्लाघी जित्वा जीवन्विसर्जितः ॥ यथा चास्य वरो दत्तः शंकरेण महात्मना ॥ ९ ॥ नित्यं सांनिध्यतां चैव गाणपत्यं तथाऽक्षयम् ॥ यथा बाणस्य तद्युद्धं जीवन्मुक्तो यथा च सः ॥ १० ॥ यथा च देवदेवस्य पुत्रत्वं सोऽसुरो गतः ॥ यदर्थं च महद्युद्धं तत्सर्वमखिलं शृणु ॥ ११ ॥ दृष्ट्वा वपुः कुमारस्य क्रीडतश्च महात्मनः ॥ बलिपुत्रो महावीर्यो विस्मयं परमं गतः ॥ १२ ॥ तस्य बुद्धिः समुत्पन्ना तपश्चर्तुं सुदुष्करम् ॥ रुद्रस्याराधनार्थाय देवस्य स्यां यथा सुतः ॥ १३ ॥ ततोऽग्लपयदात्मानं तपसा श्लाघते च सः ॥ देवश्च परमं तोषं जगाम च सहोमया ॥ १४ ॥ नीलकण्ठः परां प्रीतिं गत्वा चासुरमब्रवीत् ॥ वरं वरय भद्रं ते यत्ते मनसि वर्त्तते ॥ १५ ॥ अथ बाणोऽब्रवीद्वाक्यं देवदेवं महेश्वरम् ॥ देव्याः पुत्रत्वमिच्छामि त्वया दत्तं त्रिलोचन ॥ १६ ॥ शंकरस्तु तथेत्युक्त्वा रुद्राणीमिदमब्रवीत् ॥ कनीयान्कार्तिकेयस्य पुत्रोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ १७ ॥ यत्रोत्थितो महासेनः सोऽग्निजो रुधिरे पुरे ॥ तत्रोद्देशे पुरं चास्य भविष्यति न संशयः ॥१८॥ नाम्ना तच्छोणितपुरं भविष्यति पुरोत्तमम् ॥ मयाऽभिगुप्तं श्रीमन्तं न कश्चित्प्रसहिष्यति ॥ १९ ॥ ततः स निवसन् बाणः पुरे

अङ्गसौष्ठव देखकर चकित हो गया ॥ १२ ॥ तत्काल उसके मनमें यह विचार उठा कि मैं कठोर तप करके शंकरजीका पुत्र होऊँगा और इस धारणाके अनुसार वह तपस्यामें तत्पर हो गया ॥ १३ ॥ तदनन्तर बाणासुरने कठोर तप करके अपना शरीर सुखाना आरम्भ किया । इससे भवानी पार्वती तथा शंकर भगवान दोनों उसपर बहुत प्रसन्न हुए ॥ १४ ॥ परम प्रसन्न शंकर भगवानने कहा–हे दानव ! तुम अपना अभिलषित वर माँगो ॥ १५ ॥ तब बलितनयने उनसे कहा–देव ! मैं आप और माता पार्वतीका पुत्र होना चाहता हूँ ॥ १६ ॥ शंकर भगवान उससे 'तथास्तु' कहकर भगवती पार्वतीसे बाले–प्रिये ! आजसे यह कार्तिकेयका छोटा भाई हो गया । लो, इसे ग्रहण करो ॥१७॥ कार्तिकेय जिस स्थानपर अग्निसे उत्पन्न हुए थे, वह स्थान इसकी राजधानी शोणितपुरके नामसे विख्यात होगी । मैं स्वयं उस पुरीकी रक्षा करूँगा । अतएव कोई उसपर आक्रमण नहीं कर सकेगा ॥ १८ ॥ १९ ॥ तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दैत्यराज बाणासुर शोणितपुरमें निवास करता हुआ राज्यशासन करने लगा। उसके शासनकालमें सब देवता त्रस्त हो उठे ॥ २० ॥ कुछ ही दिनोंमें सहस्रबाहुसम्पन्न वह दानव नितान्त मदमत्त होकर देवताओंको कुछ न समझता हुआ युद्धका अवसर खोजने लगा ॥ २१ ॥ एक दिन स्वामिकार्तिकेयने प्रसन्नतापूर्वक उसे अग्निसदृश देदीप्यमान एक ध्वज और सवारीके लिए एक उग्र तथा तेजस्वी मयूर प्रदान किया ॥२२॥ देवादिदेव शंकर भगवानके प्रभावसे उसके समक्ष संग्राममें देवता, गन्धर्व, यक्ष और पन्नग कोई भी नहीं टिक सकता था ॥ २३ ॥ शिवजीके द्वारा सुरक्षित रहनेके कारण उसके घमण्डका कोई ठिकाना नहीं रहा। वह सर्वदा युद्धके लिए उत्सुक रहा करता था ॥ २४ ॥ तदनुसार एक दिन वह भगवान शंकरके पास गया और यथोचित अभिवादन करनेके बाद उसने कहा—हे प्रभो! मैंने आपकी कृपासे साध्यगणों तथा मरुतोंके साथ देवसेनासमेत देवताओंको अनेक बार युद्धमें पराजित किया है

शोणितसाह्वये ॥ राज्यं प्रशासते नित्यं क्षोभयन्सर्वदेवताः ॥ २० ॥ अवतीर्य मदोत्सिक्तो बाणो बाहुसहस्रवान् ॥ अचिन्तयन्देवगणान् युद्धमाकाङ्क्षते सदा ॥ २१ ॥ ध्वजं चास्य ददौ प्रीतः कुमारो ह्यग्नितेजसम् ॥ वाहनं चैव बाणस्य मयूरं दीप्ततेजसम् ॥ २२ ॥ न देवा न च गन्धर्वा न यक्षा नापि पन्नगाः ॥ तस्य युद्धे व्यतिष्ठन्त देवदेवस्य तेजसा ॥ २३ ॥ त्र्यम्बकेणाभिगुप्तश्च दर्पोत्सिक्तो महासुरः ॥ भूयो मृगयते युद्धं शूलिनं सोऽभ्यगच्छत ॥ २४ ॥ स रुद्रमभिगम्याथ प्रणिपत्याभिवाद्य च ॥ बलिसूनुरिदं वाक्यं पप्रच्छ वृषभध्वजम् ॥ २५ ॥ असकृन्निर्जिता देवाः ससाध्याः समरुद्गणाः ॥ मया मदबलोत्सेकात्ससैन्येन तवाश्रयात् ॥ २६ ॥ इमं देशं समागम्य वसन्ति स्म पुरे सुखम् ॥ ते पराजयसंत्रस्ता निराशा मत्पराजये ॥ २७ ॥ नाकपृष्ठमुपागम्य निवसन्ति यथासुखम् ॥ सोऽहं निराशो युद्धस्य जीवितं नाद्य कामये ॥ २८ ॥ अयुध्यतो वृथा ह्येषां बाहूनां धारणं मम ॥ तद्ब्रूहि मम युद्धस्य कच्चिदागमनं भवेत् ॥ २९ ॥ न मे युद्धं विना देव रतिरस्ति प्रसीद मे ॥ ततः प्रहस्य भगवानब्रवीद्वृषभध्वजः ॥ ३० ॥ भविता बाण युद्धं वै यथा तच्छृणु दानव ॥ ध्वजस्यास्य यदा भङ्गस्तव तात भविष्यति ॥ स्वस्थाने स्थापितस्याथ तदा युद्धं भविष्यति ॥ ३१ ॥ इत्येवमुक्तः प्रहसन्बाणस्तु बहुशो मुदा ॥ प्रसन्नवदनो भूत्वा पादयोः पतितोऽब्रवीत् ॥ दिष्ट्या बाहुसहस्रस्य न वृथा धारणं मम ॥ ३२ ॥ दिष्ट्या सहस्राक्षमहं विजेता पुनराहवे ॥ आनन्देनाश्रुपूर्णाभ्यां नेत्राभ्यामरिमर्दनः ॥ पञ्चाञ्जलिशतैर्देवं पूजयन्पतितो भुवि

॥ २५ ॥ २६ ॥ अब वे मुझे पराजित करनेमें असमर्थ तथा निराश होकर बड़े आनन्दके साथ स्वर्गलोकमें निवास कर रहे हैं। अतएव मुझे अब युद्धकी कोई सम्भावना नहीं दीखती। यदि युद्ध ही न होगा तो मेरा जीवन और ये सहस्र भुजायें धारण करनेसे ही क्या लाभ? हे देव! युद्धके सिवाय और किसी भी वस्तुसे मुझे तृप्ति न होगी। अतएव कृपया यह बताइए कि मुझे युद्धका अवसर कब प्राप्त होगा? उसके इन वचनोंको सुना तो शंकरजी हँसकर बोले ॥२७–३०॥ वत्स! जिस समय तुम्हारी यह ध्वजा भंग होकर भूमिपर गिर जायगी, तब अपने ही स्थानपर बैठे-बैठे अनायास तुम्हें युद्धका अवसर प्राप्त हो जायगा ॥३१॥ महादेवजीके वचन सुनकर बाणासुर ठठाकर हँसा। उसके नेत्र आनन्दाश्रुओंसे परिपूर्ण हो गये। तब वह एक साथ पाँच सौ अंजलियाँ बाँधकर शिवजीके चरणोंमें लोट गया और कहने लगा—हे प्रभो! भाग्यवश मेरा सहस्र बाहु धारण करना सार्थक हो गया। अब आशा है कि मैं समरभूमिमें इन्द्रको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पगस्त कर सकूँगा ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ हे महाराज! तब शंकर भगवान् बोले—वत्स ! तुम्हें तुम्हारे बाहुबलके अनुरूप युद्ध प्राप्त होगा । अब तुम उठो ॥ ३४ ॥ शंकर भगवानके ऐसा कहनेपर दैत्यवर बाणासुरने प्रसन्नतापूर्वक उठकर उनकी पूजा की और अनुमति पाकर अपने ध्वजगृहमें चला गया ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ वहाँ वह राजसिंहासनपर बैठकर अपने मन्त्री कुम्भाण्डसे बोला—अमात्य ! मैं तुम्हारे अनुकूल तुम्हें एक समाचार सुना रहा हूँ, सुनो ॥ ३७ ॥ यह सुनकर विस्मयसे विकसित नयनोंवाले कुम्भाण्डने कहा—राजन् ! आप मुझे कौनसा अनुकूल समाचार सुनाना चाहते हैं, बताइए । देवादिदेव शंकर तथा कार्तिकेयके अनुग्रहसे आपने कौन-सा वर प्राप्त किया है ? ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ क्या श्रीशूलपाणिने आपको त्रिलोकीका राज्य दे दिया है ? ॥ ४० ॥ क्या अब देवराज इन्द्र आपके भयसे पाताललोकको चले जायँगे ? विष्णु भगवानके चक्रास्त्रसे भयभीत जो दानव इस समय जलके भीतर रह रहे हैं, उनका

॥ ३३ ॥ ईश्वर उवाच ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठ बाहूनामात्मनः स्वकुलस्य तु ॥ सदृशं प्राप्स्यसे वीर युद्धमप्रतिमं महत् ॥ ३४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥
एवमुक्तस्ततो बाणस्त्र्यम्बकेण महात्मना ॥ हर्षेणात्युच्छ्रितं शीघ्रं नत्वा स वृषभध्वजम् ॥ ३५ ॥ शितिकण्ठविसृष्टस्तु बाणः परपुरंजयः ॥
ययौ स्वभवनं तत्र यत्र ध्वजगृहं महत् ॥ ३६ ॥ तत्रोपविष्टः प्रहसन्कुम्भाण्डमिदमब्रवीत् ॥ प्रियमावेदयिष्यामि भवतो यन्मनोगतम् ॥ ३७ ॥
इत्येवमुक्तः प्रहसन्बाणमप्रतिमं रणे ॥ प्रोवाच राजन्किं न्वेतद्वक्तुकामोऽसि मत्प्रियम् ॥ ३८ ॥ विस्मयोत्फुल्लनयनः प्रहर्षादिव भाषसे ॥ त्वत्तः
श्रोतुमिहेच्छामि वरं किं लब्धवानसि ॥ ३९ ॥ शितिकण्ठप्रसादेन स्कन्दगोपायनेन च ॥ कच्चित्त्रैलोक्यराज्यं ते व्यादिष्टं शूलपाणिना ॥ ४० ॥
यस्य चक्रभयत्रस्ता निवसन्ति जलाशये ॥ कच्चिच्छार्ङ्गगदापाणेः स्थितस्य परमाहवे ॥ ४१ ॥ कच्चिदिन्द्रस्तव भयात्पातालमुपयास्यति ॥ कच्चि-
द्विष्णुपरित्रासं विमोक्ष्यन्ति दितेः सुताः ॥ ४२ ॥ पातालवासमुत्सृज्य कच्चित्तव बलाश्रयत् ॥ विबुधावासनिरता भविष्यन्ति महासुराः ॥ ४३ ॥
बलिर्विष्णुपराक्रान्तो बद्धस्तव पिता नृप ॥ सलिलौघाद्विनिष्क्रम्य कच्चिद्राज्यमवाप्स्यति ॥ ४४ ॥ दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यस्रग्गन्धलेपनम् ॥
कच्चिद्वैरोचनिं तात द्रक्ष्यामः पितरं तव ॥ ४५ ॥ कच्चित्त्रिभिः क्रमैः पूर्वं हृताँल्लोकानिमान्प्रभो ॥ पुनः प्रत्यानयिष्यामो जित्वा सर्वान्दिवौकसः
॥ ४६ ॥ स्निग्धगम्भीरनिर्घोषं शङ्खस्वनपुरोजवम् ॥ कच्चिन्नारायणं देवं जेष्यामः समितिंजयम् ॥ ४७ ॥ कच्चिद्वृषध्वजस्तात प्रसादसुमुखस्तव ॥

भय क्या एकदम दूर हो जायगा ? आपके बहुबलसे क्या अब वे पातालवास त्यागकर स्वर्गवासके अधिकारी हो जायँगे ? क्या अब उन दैत्योंको शार्ङ्गधनुष तथा गदाधारी विष्णुके भयसे समरभूमि छोड़कर भागना नहीं पड़ेगा ? ॥ ४१–४३ ॥ आपके बिना विष्णुके पराक्रमसे बन्दी बनकर जो दैत्य पातालपुरीमें निवास कर रहे हैं । वे क्या अब वहाँसे हटकर फिर अपना राज्य प्राप्त करनेमें समर्थ होंगे ? ॥ ४४ ॥ क्या अब हम आपके पिताको दिव्य गन्ध, दिव्य माल्य और दिव्य अनुलेपनसे विभूषित देख सकेंगे ? ॥ ४५ ॥ वामनरूपधारी विष्णुके त्रिपादविक्षेपसे हमारी जो सम्पत्ति अपहृत हो गयी थी, सो क्या अब हमलोग देवताओंको परास्त करके फिर अपनी सम्पदा हस्तगत करनेमें समर्थ होंगे ? ॥ ४६ ॥ अब क्या हमलोग गम्भीरनादी, पाञ्चजन्यशंखधारी तथा रणविजयी नारायणको पराजित कर सकेंगे ? ॥ ४७ ॥ इस समय आपकी जैसी हृदयस्फूर्ति और जैसा अश्रुबिन्दुयुक्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आनन्दोल्लास दिखायी देता है, उससे ज्ञात होता है कि आपपर शंकरजी प्रसन्न हैं ॥ ४८ ॥ क्या शिवजीकी अनुकम्पा तथा कार्तिकेयकी सहमतिसे आपने हम सबकी राज्यसम्पदा पुनः प्राप्त कर ली है ? ॥ ४९ ॥ मन्त्रिवर कुम्भाण्डके ऐसा कहनेपर असुरपति बाणासुरने उससे कहा—हे मन्त्रिवर ! बहुत दिन बीत गये, किन्तु किसी युद्धका अवसर नहीं आया था । अतएव मैंने बड़ी उत्सुकताके साथ भगवान नीलकण्ठसे कहा—॥ ५० ॥ ५१ ॥ हे देव ! युद्धके लिए मेरी प्रबल अभिलाषा है । सो कृपया मुझे यह बताइए कि निकट भविष्यमें मुझे कोई मन प्रसन्न करनेवाला युद्ध प्राप्त होगा ? ॥ ५२ ॥ मेरी बात सुनकर देवादिदेव शंकरजी बड़ी देरतक हँसते रहे । इसके बाद बोले—वत्स ! अब अधिक देर नहीं है । जब तुम दखो कि तुम्हारा मयूरध्वज भग्न होकर धरतीपर गिर गया है, तब समझ लेना कि तुम्हारा मनचाहा महायुद्ध प्राप्त हो गया ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ उनकी यह बात सुननेके बाद

यथा ते हृदयोत्कम्पः साश्रुबिन्दुः प्रवर्तते ॥ ४८ ॥ कच्चिदीश्वरतोषेण कार्तिकेयमतेन च ॥ प्राप्तवानसि सर्वेषामस्माकं राज्यसम्पदम् ॥ ४९ ॥ इति कुम्भाण्डवचनैश्चोदितः सोऽसुरोत्तमः ॥ बाणो वाणीमसंसक्तां प्रोवाच वदतां वरः ॥ ५० ॥ बाण उवाच ॥ चिरात्प्रभृति कुम्भाण्ड न युद्धं प्राप्यते मया ॥ ततो मया मुदा पृष्टः शितिकण्ठः प्रतापवान् ॥५१॥ युद्धाभिलाषः सुमहान्देव संजायते मम ॥ अभिप्रात्स्याम्यहं युद्धं मनसस्तुष्टिवर्धनम् ॥ ५२ ॥ ततोऽहं देवदेवेन हरेणामित्रघातिना ॥ प्रहस्य सुचिरं कालमुक्तोऽस्मि वचनं प्रियम् ॥ प्राप्स्यसे सुमहद्युद्धं त्वं बाणाप्रतिमं महत् ॥५३॥ मयूरध्वजभङ्गस्ते भविष्यति यदाऽसुर ॥ तदा त्वं प्राप्स्यसे युद्धं सुमहद्दितिनन्दन ॥ ५४ ॥ ततोऽहं परमप्रीतो भगवन्तं वृषध्वजम् ॥ प्रणम्य शिरसा देवं तवान्तिकमुपागतः ॥ ५५ ॥ इत्येवमुक्तः कुम्भाण्डः प्रोवाच नृपतिं तदा ॥ अहो न शोभनं राजन् यदेवं भाषसे वचः ॥ ५६ ॥ एवं कथयतोस्तत्र तयोरन्योन्यमुच्छ्रितः ॥ ध्वजः पपात वेगेन शक्राशनिसमाहतः ॥ ५७ ॥ तं तथा पतितं दृष्ट्वा सोऽसुरो ध्वजमुत्तमम् ॥ प्रहर्षमतुलं लेभे मेने चाहवमागतम् ॥ ५८ ॥ ततश्चकम्पे वसुधा शक्राशनिसमाहता ॥ ननादान्तर्हितो भूमौ वृषदंशो जगर्ज च ॥ ५९ ॥ देवानामपि यो देवः सोऽप्यवर्षत वासवः ॥ शोणितं शोणितपुरे सर्वतः परमं ततः ॥ ६० ॥ सूर्यं भित्त्वा महोल्का च पपात धरणीतले ॥ स्वपक्षे चोदितः सूर्यो भरणीं समपीडयत् ॥ ६१ ॥ चैत्यवृक्षेषु सहसा धाराः शतसहस्रशः ॥ शोणितस्य स्रवन्घोरा निपेतुस्तारका भृशम् ॥ ६२ ॥ राहुरग्रसदा-

मैंने प्रणाम किया और तुम्हारे पास चला आया ॥ ५५ ॥ कुम्भाण्डने उनकी बातें सुनी तो कहा—राजन् ! आपने जो कहा, वह मुझे ठीक नहीं जँचा ॥ ५६ ॥ वे दोनों परस्पर बातें कर ही रहे थे, उसी समय इन्द्रके वज्राघातसे वह बहुत ऊँचा मयूरध्वज बड़े वेगके साथ धरतीपर आ गिरा ॥ ५७ ॥ उस उत्तम ध्वजको इस प्रकार गिरा देखकर बाणासुर बहुत प्रसन्न हुआ और उसने समझ लिया कि अब युद्धका अवसर आ गया है॥ ५८॥ इधर उस वज्रपातके धक्केसे धरती काँपने लगी । बड़े-बड़े बिलाव भूविवरमें प्रविष्ट होकर गर्जन करने लगे ॥५९॥ देवराज इन्द्र शोणितपुरके चारों ओर रुधिरकी वर्षा करने लगे । सूर्यमण्डलका भेदन करके उल्कायें गिरने लगीं और सूर्य अपनी तीक्ष्ण किरणोंको धरतीपर फेंक तथा अपने पक्षके देवताओंसे प्रेरित होकर भरणी नक्षत्रको पीड़ित करने लगे ॥ ६० ॥ ॥ ६१ ॥ सहसा चैत्यवृक्षोंसे सैकड़ों-हजारों रुधिरकी धारायें बहने और तारायें टूट-टूटकर गिरने लगीं ॥ ६२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

असमयमें ही राहुने सूर्यको ग्रस लिया । बार-बार वज्रपात होने लगा, जिसे देखकर ऐसा लगा कि समस्त विश्वका नाश हो जायगा ॥ ६३ ॥ दक्षिण दिशामें धूमकेतु उदित हो गया । वायु बड़े वेगके साथ बहने लगी । विद्युत्प्रभा श्वेत, लोहित तथा कृष्णवर्णकी हो गयी । सूर्यमण्डलकी परिधि तीन रंगोंकी होकर सन्ध्यारागसे रंजित हो गयी ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ भयंकर मङ्गल ग्रह कृत्तिका नक्षत्रको क्रूर दृष्टिसे देखने लगा । दानवकन्यायें जिस चैत्य वृक्षका पूजन किया करती थीं, वह बहुशाखान्वित चैत्य वृक्ष बाणासुरके जन्मनक्षत्र रोहिणीका तिरस्कार करता हुआ धराशायी हो गया ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ हे महाराज ! इस प्रकार अनेकानेक अपशकुनों देखकर भी बाणासुर अभिमानवश अपने अवश्यम्भावी पराजयको नहीं समझ सका ॥ ६८ ॥ किन्तु उसका तत्त्वदर्शी मन्त्री कुम्भाण्ड नितान्त दुखी होकर नाना प्रकारकी विपत्तियोंकी आशंका करता हुआ मन ही मन सोचने लगा कि जैसे उत्पात दृष्टिगोचर हो रहें

दित्यमपर्वणि विशांपते ॥ लोकक्षयकरे काले निर्घातश्चापतन्महान् ॥ ६३ ॥ दक्षिणां दिशमास्थाय धूमकेतुः स्थितोऽभवत् ॥ अनिशं चाप्यविच्छिन्ना ववुर्वाताः सुदारुणाः ॥ ६४ ॥ श्वेतलोहितपर्यन्तः कृष्णग्रीवस्तडिद्द्युतिः ॥ त्रिवर्णपरिघो भानुः सन्ध्यारागमथावृणोत् ॥ ६५ ॥ वक्रमङ्गारकश्चक्रे कृत्तिकासु भयंकरः ॥ बाणस्य जन्मनक्षत्रं भर्त्सयन्निव सर्वशः ॥ ६६ ॥ अनेकशाखश्चैत्यश्च निपपात महीतले ॥ अर्चितः सर्वकन्याभिर्दानवानां महात्मनाम् ॥ ६७ ॥ एवं विविधरूपाणि निमित्तानि निशामयन् ॥ बाणो बलमदोन्मत्तो निश्चयं नाधिगच्छति ॥ ६८ ॥ विचेतास्त्वभवत्प्राज्ञः कुम्भाण्डस्तत्त्वदर्शिवान् ॥ बाणस्य सचिवस्तत्र कीर्तयन्बहुकिल्बिषम् ॥ ६९ ॥ उत्पाता ह्यत्र दृश्यन्ते कथयन्तो न शोभनम् ॥ तव राज्यविनाशाय भविष्यन्ति न संशयः ॥ ७० ॥ वयं चान्ये च सचिवा भृत्या ये च तवानुगाः ॥ क्षयं यास्यन्ति न चिरात्सर्वे पार्थिव दुर्नयात् ॥७१॥ उत्सेकाद्यथा शक्रध्वजतरोः स्वदर्पात्पतनं भवेत् ॥ बलमाकाङ्क्षतो मोहात्तथा बाणस्य नर्दतः ॥ ७२ ॥ देवदेवप्रसादात्तु त्रैलोक्यविजयं गतः ॥ उत्सेकाद्दृश्यते नाशो युद्धाकांक्षी ननर्द ह ॥ ७३ ॥ बाणः प्रीतमनास्त्वेवं पपौ पानमनुत्तमम् ॥ दैत्यदानवनारीभिः सार्द्धमुत्तमविक्रमः ॥ ७४ ॥ कुम्भाण्डश्चिन्तयाविष्टो राजवेश्माभ्ययात्तदा ॥ अचिन्तयच्च तत्त्वार्थं तैस्तैरुत्पातदर्शनैः ॥ ७५ ॥ राजा प्रमादी दुर्बुद्धिर्जितकाशी महासुरः ॥ युद्धमे-

हैं, वे राजाके लिए कल्याणकारी नहीं हो सकते । इन्हें देखकर तो यही ज्ञात होता है कि शीघ्र इस राज्यका विनाश होनेवाला है ॥ ६९ ॥ ७० ॥ मैं तथा अन्यान्य मन्त्री और जितने भी भृत्य हैं, एकमात्र राजाकी दुर्नीतिके कारण इन सबको मरना पड़ेगा ॥ ७१ ॥ जब इन्द्रध्वजका आधार चैत्यवृक्ष धराशायी हुआ है, तब दर्पान्ध बाणासुरका भी पतन अवश्य होगा ॥ ७२ ॥ देवदेव शंकर भगवानकी कृपासे इस दैत्यवरको समस्त त्रिलोकीपर विजय प्राप्त हुई थी, किन्तु विपेश अभिमानके कारण आज उसका सब पुरुपार्थ व्यर्थ हो गया ॥ ७३ ॥ इधर युद्धलोलुप बाणासुर दैत्यों और दानवोंकी नारियोंके साथ बैठकर मद्यपान करने लगा ॥७४॥ उधर तत्त्वदर्शी कुंभाण्ड इन अपशकुनोंको देखकर चिन्ताके समुद्रमें डूब गया । तत्काल वह राजभवनमें पहुँचा और वहाँ बैठकर वह अपने मनमें विचार करने लगा कि यह दुर्बुद्धि राजा रणविजयी होनेके कारण अत्यन्त उन्मत हो गया है । इस समय युद्धके सिवाय इसके लिए मनोविनोदका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और कोई साधन ही नहीं रह गया है ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ इधर जो अनर्थ हो रहे हैं, मोहान्धतावश यह उनपर दृष्टिपात भी नहीं करता । किन्तु जो महान् उत्पात सम्मुख उपस्थित है, उनसे अनर्थ होना अवश्यम्भावी है । ये समस्त अपशकुन सर्वथा विफल हो जायँगे, इसकी कोई सम्भावना नहीं है ॥ ७७ ॥ फिर भी आशाके केन्द्रस्वरूप भगवान शिव और कार्तिकेय विद्यमान हैं । किन्तु क्या इसीसे हमारे सब दोष दूर हो जायँगे ? ॥७८॥ मुझे तो ऐसा लगता है कि इस एक अहंकारके दोषसे बहुत बड़े अनर्थका सूत्रपात हो गया है । यही एक दोष सब अवगुणोंकी खान बन गया है और अब किसी भी उपायसे इसका परिमार्जन नहीं हो सकता ॥ ७९ ॥ अकेले राजाके अपराधसे सब दानवगण दोषी हो गये हैं और उनका यह दोष बिना कोई अनर्थ उपस्थित किये नहीं रह सकता ॥ ८० ॥ फिर भी जो देवताओं और दानवोंके नियन्ता और सब जगत्के शासक हैं, वे सर्वकर्ता महादेव एवं महात्मा कार्तिकेय हमारे नगरमें विराजमान हैं ॥ ८१ ॥ जिस तरह कार्तिकेय शंकरजीको प्राणोंसे प्रिय हैं, उसी प्रकार बाणासुर भी उनको बहुत प्रिय है ॥ ८२ ॥ बीचमें एक बार दैत्यराज

वाभिलषते न दोषान्मन्यते मदात् ॥ ७६ ॥ महोत्पातभयं चैव न तन्मिथ्या भविष्यति ॥ अपीदानीं भवेन्मिथ्या सर्वमुत्पातदर्शनम् ॥ ७७ ॥ इह त्वास्ते त्रिनयनः कार्तिकेयश्च वीर्यवान् ॥ तेनोत्पन्नोऽपि दोषो नः कच्चिद्गच्छेत्पराभवम् ॥ ७८ ॥ उत्पन्नदोषप्रभवः क्षयोऽयं भविता महान् ॥ दोषाणां न भवेन्नाश इति मे धीयते मतिः ॥ ७९ ॥ नियतो दोष एवायं भविष्यति न संशयः ॥ दौरात्म्यान्नृपतेरस्य दोषभूता हि दानवाः ॥८०॥ देवदानवसङ्घानां यः कर्ता भुवनप्रभुः ॥ भगवान्कार्तिकेयश्च कृतवान् लोहिते पुरे ॥ ८१ ॥ प्राणैः प्रियतरो नित्यं भविष्यति गुहः सदा ॥ तद्विशिष्टश्च बाणोऽपि शिवस्य सततं प्रियः ॥ ८२ ॥ दर्पोत्सेकात्तु नाशाय वरं याचितवान्भवम् ॥ युद्धहेतोः स लुब्धस्तु सर्वथा न भविष्यति ॥ ८३ ॥ यदि विष्णुपुरोगानामिन्द्रादीनां दिवौकसाम् ॥ भवित्री ह्यभवत्प्राप्तिर्भवहस्तात्कृतं भवेत् ॥ ८४ ॥ एतयोश्च हि को युद्धं कुमारभवयोरिह ॥ शक्तो दातुं समागम्य बाणसाहाय्यकांक्षिणोः ॥ ८५ ॥ न च देववचो मिथ्या भविष्यति कदाचन ॥ भविष्यति महद्युद्धं सर्वदैत्यविनाशनम् ॥ ८६ ॥ स एवं चिन्तयाविष्टः कुम्भाण्डस्तत्त्वदर्शिवान् ॥ स्वस्तिप्रणिहितां बुद्धिं चकार स महासुरः ॥ ८७॥ ये हि देवैर्विरुध्यन्ते पुण्यकर्मभिराहवे ॥ यथा बलिर्नियमितस्तथा ते यान्ति संक्षयम् ॥ ८८ ॥ इति श्रीमहाभारते विष्णुपर्वणि बाणयुद्धे अष्टादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११८ ॥

बाणासुर अभिमानवश आत्मविनाशके लिए उनसे युद्धकी प्रार्थना करके सफलमनोरथ हो चुके हैं, किन्तु सदा वैसा न होगा ॥८३॥ यदि विष्णु भगवान तथा इन्द्र आदि देवता भी शंकर भगवानसे अभय वर प्राप्त कर लें तो इतने ही से उनका काम बन जायगा । क्योंकि कार्तिकेय तथा शिवजीके समक्ष युद्ध करनेका साहस कौन करेगा ? और फिर शंकरजीकी वाणी भी मिथ्या न होगी । अतएव दैत्योंका क्षय करनेवाला महान् युद्ध अवश्य होगा । इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ८४–८६ ॥ हे महाराज ! तत्त्वदर्शी कुम्भाण्ड इस प्रकार सोचते-सोचते अन्तमें इस निष्कर्षपर पहुँचा कि जो लोग पुण्यात्मा देवताओंका विरोध करेंगे, वे राजा बलिके समान बद्ध होकर सदाके लिए नष्ट हो जायँगे ॥ ८७ ॥ ८८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टादशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११८ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(उषाविरह) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! एक समय महादेवजी भगवती पार्वतीको साथ लेकर किसी परम रमणीक नदीतटपर विहार करने लगे ।। १ ।। उनके चारों ओर सैकड़ों अप्सराओं तथा गन्धर्वोंने क्रीड़ा आरम्भ कर दी ।। २ ।। पारिजात तथा सन्तानक पुष्पोंकी सुगन्धिसे सारा नदीतट आमोदित हो उठा ।। ३ ।। देवादिदेव शंकर भगवान वेणु, वीणा, मृदङ्ग और पणव प्रभृति वाद्यों तथा अप्सराओंका गीत सुनने लगे ।। ४ ।। वे अप्सरायें रक्ताम्बरधारी तथा मालाविभूषित नीलकण्ठ शिव एवं भवानी पार्वतीको अपने कलानैपुण्यसे परितृप्त करने लगीं । अन्तमें उन्होंने सूत, मागध तथा वन्दीजनोंके समान उन दोनोंकी स्तुति आरम्भ कर दी ।। ५ ।। उसी समय चित्रलेखा नामकी सर्वश्रेष्ठ अप्सरा पार्वतीजीका वेश धारण करके महादेवजीको आनन्दित करने लगी । उसका कौशल देखा तो देवी पार्वती प्रसन्न होकर हँसने लगीं । तदनन्तर रहस्यविद्याके विज्ञ शंकरजीके गण श्री

वैशम्पायन उवाच ।। क्रीडाविहारोपगतः कदाचिद्भवद्भवः ।। देव्या सह नदीतीरे रम्ये श्रीमति स प्रभुः ।। १ ।। शतानि तत्राप्सरसां चिक्रीडुश्च समन्ततः ।। सर्वर्तुकवने रम्ये गन्धर्वपतयस्तथा ।। २ ।। कुसुमैः पारिजातस्य पुष्पैः सन्तानकस्य च ।। गन्धोद्दाममिवाकाशं नदीतीरं तु सर्वशः ।। ३ ।। वेणुवीणामृदङ्गैश्च पणवैश्च सहस्रशः ।। वाद्यमानैः स सुश्राव गीतमप्सरसां तदा ।। ४ ।। सूतमागधकल्पैश्चास्तुवन्नप्सरसां गणाः ।। देवदेवं सुवपुषं स्रग्विणं रक्तवाससम् ।। ५ ।। श्रीमहेशं देवदेवमर्चयन्ति मनोरमम् ।। ततस्तु देव्या रूपेण चित्रलेखा वराऽप्सराः ।। ६ ।। भवं प्रसादयामास देवी च प्राहसत्तदा ।। प्रसादयन्तीमीशानं प्रहसन्त्यप्सरोगणाः ।। ७ ।। भवस्य पार्षदा दिव्या नानारूपा महौजसः ।। देव्या ह्यनुज्ञया सर्वे क्रीडन्ते तत्र तत्र ह ।। ८ ।। अथ ते पार्षदास्तत्र रहस्ये सुविपश्चितः ।। महादेवस्य रूपेण तच्चिह्नं रूपमास्थिताः ।। ९ ।। ततो देव्याः सुरूपेण लीलया वचनेन च ।। देवी प्रहासं मुमुचे ताश्चैवाप्सरस्तदा ।। ततः किलकिलाशब्दः प्रादुर्भूतः समन्ततः ।। १० ।। प्रहर्षमतुलं लेभे भवः प्रीतमनास्तदा ।। बाणस्य दुहिता कन्या तत्रोषा नाम भामिनी ।। ११ ।। देवं संक्रीडितं दृष्ट्वा देव्या सह नदीगतम् ।। दीप्यमानं महादेवं द्वादशादित्यतेजसम् ।। १२ ।। नानारूपं वपुः कृत्वा देव्याः प्रियचिकीर्षया ।। उषा मनोरथं चक्रे पार्वत्याः सन्निधौ तथा ।। १३ ।। धन्या हि भर्तृसहिता रमत्येवं समागता ।। मनसा त्वथ संकल्पमुषया भाषितं तथा ।। १४ ।। विज्ञाय तमभिप्रायमुषायाः पर्वतात्मजा ।। प्राह देवी ततो वाक्यमुषां हर्षयती शनैः ।। १५ ।। उषे त्वं शीघ्रमप्येवं भर्त्रा सह रमिष्यसि ।। यथा देवो मया सार्द्धं शङ्करः शत्रुनाशनः ।। १६ ।। एवमुक्ते तदा

पार्वतीजीके आज्ञानुसार शिवजीका रूप धारण करके अभिनय करने लगे ।। ६–९ ।। ऐसी स्थितिमें भगवती पार्वती तथा सब अप्सरायें हँसने लगीं । अतएव उस समय उनके अट्टहाससे वह समस्त प्रदेश मुखरित हो उठा ।। १० ।। उस हास्यध्वनिको सुनकर शंकरजीके आनन्दका ठिकाना ही नहीं रहा । उसी समय शिव-पार्वतीको क्रीड़ा करते देख विभिन्न प्रकारके रूप धारण करके भगवतीका मनोरञ्जन करनेके लिए बाणासुरकी कन्या उषाकी भी इच्छा हुई ।। ११–१३ ।। तदनुसार वह पार्वतीजीके समीप गयी और मन ही मन कहने लगी कि जो स्त्रियाँ इस प्रकार अपने पतिके साथ विहार करती हैं, वे धन्य हैं ।। १४ ।। गिरिराजनन्दिनी पार्वतीने उषाका मनोभाव समझकर कहा—उषे ! जिस प्रकार मैं महादेवजीके साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विहार करती हूँ, उसी प्रकार तुम भी अति शीघ्र अपने अनुरूप पतिके साथ सानन्द विहार करोगी ॥१५॥१६॥ भगवतीके ऐसा कहनेपर उषा चिन्ताकुल नेत्रोंसे ऐसा भाव प्रदर्शित करने लगी, जिसे देखकर ज्ञात हुआ कि वह जानना चाहती है कि कितने दिन बाद उसकी कामना पूर्ण होगी ॥ १७ ॥ भवानी उसका मनोभाव समझकर हँसती हुई बोलीं—उषे ! तुझको अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी । आगामी वैशाखमासकी द्वादशी तिथिको रात्रिको अट्टालिकापर शयन करते समय स्वप्नमें जिसके साथ तू सहवास करेगी, वही तेरा पति होगा ॥ १८ ॥ १९ ॥ पार्वतीजीके ऐसा कहनेपर दानवकन्या उषा बड़े आनन्दके साथ क्रीड़ा करने लगी ॥ २० ॥ यक्ष, गन्धर्व, नाग, दैत्य और अप्सराओंकी कन्यायें, जो उसकी सखियाँ थीं, परस्पर हँसती और तालियाँ बजाती हुई कहने लगीं—सखी उषे ! भगवती पार्वतीका वचन कदापि मिथ्या न होगा । तुम्हें शीघ्र योग्य पति मिलेगा ॥२१–२४॥

देव्या वाक्ये चिन्ताविलेक्षणा ॥ उषा भावं तदा चक्रे भर्त्रा रंस्ये कदा सह ॥ १७ ॥
तदा हैमवती वाक्यं संप्रहस्येदमब्रवीत् ॥ उषे शृणुष्व वाक्यं मे यदा संयोगमेष्यसि ॥ १८ ॥
वैशाखे मासि हर्म्यस्थां द्वादश्यां त्वां दिनक्षये ॥ रमयिष्यति यः स्वप्ने स ते भर्ता भविष्यति ॥ १९ ॥
एवमुक्ता दैत्यसुता कन्यागणसमावृता ॥ अपाक्रामत हर्षेण रममाणा यथासुखम् ॥ २० ॥
ततः सखीभिर्हास्यन्तीं हर्षेणोत्फुल्ललोचना ॥ तालिकासन्निपातैश्च ह्यन्योन्यमभ्यवर्तत ॥ २१ ॥
किन्नर्यो यक्षकन्याश्च नानादैतेयकन्यकाः ॥ अप्सरोगणकन्याश्च उषायाः सखितां गताः ॥ २२ ॥
उक्ता च तत्र ताभिश्च भर्ता तव वरानने ॥ भविष्यत्यचिरेणैव देव्या वचनकल्पितः ॥ २३ ॥
न हि देव्या वचो मिथ्या भविष्यति कदाचन ॥ रूपाभिजनसंपन्नः पतिस्ते कल्पितस्तया ॥ २४ ॥
उषा सखीनां तद्वाक्यं प्रतिपूज्य यथाविधि ॥ यत्तन्मनोरथं देव्या भावयन्ती व्यवस्थिता ॥ २५ ॥
ततः क्रीडाविहारं तमनुभूय सहोमया ॥ गतेऽहनि ततः सर्वा नार्यस्ताः परमाद्भुताः ॥ २६ ॥
ययुः स्वानालयान्सर्वा देवी चादर्शनं गता ॥ काश्चिदश्वैस्तथा यानैर्गजैरन्यास्तथा रथैः ॥ २७ ॥
पुरं प्रविविशुर्हृष्टाः काश्चिदाकाशमास्थिताः ॥ ततः प्रभृति सा देवी काममोहं गता विभो ॥ २८ ॥
देव्यास्तु वचनं स्मृत्वा संस्मरन्ती पतिं तदा ॥ निद्रां न भजते रात्रौ न दिवा भोजनं तथा ॥ २९ ॥
स्मरन्ती पतिभावं सा विललाप नृपात्मजा ॥ निन्दन्ती शशिनं नाके सेवती न च चन्दनम् ॥ ३० ॥
सा बाला मोहिता राजन्कामेन परिपी-

उषाने बड़े आदरके साथ सखियोंकी बात हृदयंगम कर ली और पतिप्राप्तिकी चिन्तासे उतावली हो उठी ॥ २५ ॥ धीरे-धीरे दिन बीतता गया । अतएव शिव-पार्वतीका विहार भी समाप्त हो गया । पार्वतीजी अन्तर्धान हो गयीं । वहाँ आयी हुई कन्याओंमेंसे कुछ अश्वोंपर, कुछ हाथियोंपर, कुछ रथोंपर और कुछ कन्यायें अन्यान्य सवारियोंपर बैठकर अपने-अपने स्थानोंको चली गयीं और कुछ आकाशमें ही रुक गयीं । उसी समयसे उषा कामातुरा रहने लगी ॥ २६–२८ ॥ भगवती पार्वतीका वचन स्मरण करती हुई वह सदा पतिकी ही चिन्तामें मग्न रहती थी । न रातको उसे नींद आती थी और न दिनको भोजन भाता था ॥ २९ ॥ वह सर्वदा पतिकी याद करके रुदन करती हुई चन्द्रमाकी निन्दा किया करती थी । चन्दनका लेप भी उसे शान्ति नहीं दे पाता था ॥ ३० ॥ कामबाणसे पीडित वह सुन्दरी सदा विकल रहती थी । यद्यपि ज्वरका अस्तित्व लक्षित नहीं होता था, फिर भी ज्वरार्त समझकर उसकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सखियाँ विविध उपचारों द्वारा परिचर्या करती थीं ॥ ३१ ॥ चन्दनका लेप लगानेपर उसका हृदय और भी सन्तप्त हो उठता था। उसके कपोल पीले पड़ गये थे और नेत्रोंमें नित्य आँसू भरे रहते थे ॥ ३२ ॥ उसे बार-बार जँभाई आती थी और देह टूटती रहती थी। उसकी सखियाँ उसके कामपीडित हृदयपर कमलिनीकन्दका शीतल चूर्ण छिड़कतीं और पंखा हाँकती हुई बार-बार हाल पूछती रहती थीं ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ वे कहतीं—हे वरानने! तुम्हें क्या कष्ट है? तुम्हारा शरीर कैसा होता जा रहा है? हे देवि! तुम क्या चाहती हो? हमें बताओ ॥ ३५ ॥ हे मनोरमे! तुम्हें ऐसा क्लेश क्यों हो रहा है? तुम्हारे मनके अनुकूल बात तो ये सारिकायें बता रही हैं ॥ ३६ ॥ ये हरे-हरे तोते पुरुषोंकी तरह आनन्ददायिनी सुन्दर बोलियाँ बोल रहे हैं। फिर भी तुम इनसे सम्भाषण क्यों नहीं करतीं? ॥३७॥ हे वरवर्णिनि! देवताओंसे भी अजेय तुम्हारे पिता असाधारण बलवान् हैं। संसारमें कोई भी ऐसा

डिता ॥ उपचर्यन्ति तां सख्यो विज्वरामपि सज्वराम् ॥ ३१ ॥ तप्यते हृदयं तस्या लेपितं चन्दनेन च ॥ कपोले पाण्डिमाचिह्नं नेत्रे जलसमन्विते ॥ ३२ ॥ जृम्भणं च तथा स्वापो देहे तस्या व्यवर्धत ॥ पद्मिनीकन्दचूर्णानि शीतलानि मुहुर्मुहुः ॥ ३३ ॥ क्षिपन्ति सख्यो हृदये पीडिते मन्मथाग्निना ॥ व्यजनानि प्रकुर्वन्ति पृच्छन्ति च पुनः पुनः ॥ ३४ ॥ का व्यथा किं शरीरं ते किमिदं तव भामिनि ॥ किं तुभ्यं रोचते देवि तदाख्याहि वरानने ॥ ३५ ॥ कस्मादिदं समुत्पन्नं दुःखसाध्यं मनोरमे ॥ त्वन्मनोऽनुगतं वाक्यं वदन्त्येतास्तु सारिकाः ॥ ३६ ॥ शुका नीलतमाः सुभ्रु पठन्ति हि पुमानिव ॥ प्रह्लादजननं वाक्यं किमर्थं नाद्य भाषसे ॥ ३७ ॥ तव तातो महावीरो देवानामपि दुर्जयः ॥ तस्याग्रे तिष्ठते कोऽपि न भूमौ वरवर्णिनि ॥ ३८ ॥ बलेः पुत्रो महावीरो बाणो हि दुरतिक्रमः ॥ जित्वाऽमरावतीकं च नगरं शोणिताह्वयम् ॥ यत्र संतिष्ठते देवः शूलहस्तो महेश्वरः ॥ ३९ ॥ पुत्रोऽयमिति जानीहि गिरिजां योऽब्रवीद्धरः ॥ बाणं प्रति महादेवस्तव तातमुषे शृणु ॥ ४० ॥ का व्यथेति मुखे चेदं नासाग्रं च विराजते ॥ नीहारबिन्दवः पद्मे राजन्ते शरदागमे ॥ ४१ ॥ संपूर्णचन्द्रप्रतिमं मुखं चन्द्रो यथा घने ॥ न शोभते तु विच्छायं किमर्थं कारणं वद ॥ ४२ ॥ श्वासान्मुञ्चसि बाले त्वं न रतिं यासि भावतः ॥ गृहाण भोजनं दिव्यं यत्ते मनसि वर्तते ॥ ४३ ॥ ताम्बूलं रोचते पूर्वं तत्किमर्थं न गृह्यते ॥ मिष्टानि यानि वस्तूनि दुर्लभानीतरैर्जनैः ॥ ४४ ॥ गृहाण देवि उत्तिष्ठ वद पीडां शरीरजाम् ॥ इति कोलाहलं श्रुत्वा उषा वेश्मस-

वीर नहीं है, जो उनके सम्मुख खड़ा हो सके ॥३८॥ राजा बलिके पुत्र महावीर बाणासुर अपने पराक्रमसे इन्द्रकी अमरावतीको जीतकर उस शोणितपुरमें निवास कर रहे हैं, जहाँ शूलधारी शंकर भगवान नित्य विराजमान रहते हैं ॥ ३९ ॥ हे उषे! एक समय शंकरजीने पार्वतीसे कहा था कि बाणासुर हमारा पुत्र है ॥ ४० ॥ हे सखी! ऐसे पिताकी पुत्री होनेपर भी तुम्हें क्या व्यथा है? शरत्कालमें कमलपत्रपर पड़ी ओसकी बूँदोंके समान तुम्हारे मुख और नासिकापर पसीनेकी बूँदें क्यों छहरी हुई हैं? ॥ ४१ ॥ पूर्ण चन्द्रमाके समान तुम्हारा सुन्दर मुख बादलोंमें छिपे चन्द्रमाके सदृश म्लान क्यों है? तुम हमें इसका कारण बताओ ॥ ४२ ॥ तुम बार-बार लम्बी साँसें ले रही हो। क्षणभर भी तुम्हें चैन नह मिलती। तुम्हारी जो इच्छा हो, वह दिव्य भोजन करो ॥ ४३ ॥ पहले पान तुम्हें बहुत भाता था, किन्तु अब क्यों नहीं खातीं? हे देवि! उठो, संसारमें अन्य लोगोंके लिए दुर्लभ सभी प्रकारकी मीठी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वस्तुयें खाओ और तुम्हें जो कष्ट हो, वह बताओ। उषाके महलका कोलाहल सुनकर उसकी माता भी दौड़ आयी ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ तब सखियोंने अलग-अलग सब वृत्तान्त बताते हुए कहा—महारानी! राजकुमारी जलविहार करके जबसे लौटी हैं, तबसे ये एकदम चुप हैं। अपना कर्तव्य समझकर हम आपसे यही अनुरोध करती हैं कि इनका मोह, मौन, ग्लानि और तन्द्रा देखकर इनकी दुःखनिवृत्तिके लिए वैद्योंको नियुक्त कर दीजिए ॥ ४६–४८ ॥ शिरीष पुष्पके समान इनका कोमल शरीर व्याधिके कष्टको कैसे सह सकेगा? ॥ ४९ ॥ सखियोंकी बातें सुनकर महारानी शीघ्र उषाके पास जा पहुँची और कहने लगी—यह कैसी विचित्र व्याधि है ॥ ५० ॥ इसके बाद उसने अपने पल्लवाकार हाथसे उसका कोमल हाथ पकड़कर उँगलियोंको चटकाया ॥ ५१ ॥ इसके बाद उसने उषासे कहा—हे कल्याणि! तुम्हें क्या कष्ट है? ये शुभेच्छुक वैद्य तुम्हारा हाल पूछ रहे हैं ॥ ५२ ॥ वैद्य बोले—महारानी!

मुद्भवम् ॥ ४५ ॥ दासीभिः कीर्तितं तत्र मातुरग्रे पृथक्पृथक् ॥ राजपुत्री यदा देवी समायाता गृहे सती ॥ ४६ ॥ जलक्रीडाविहाराच्च मूकेव परिलक्ष्यते ॥ अतो दासीजना देवि वदामस्त्वां वयं जनाः ॥४७॥ को मोहः किमिदं मौनं कः स्वापो म्लानता कथम् ॥ विचार्य भिषजो देवि दिश्यन्तां कष्टशान्तये ॥ ४८ ॥ शिरीषपुष्पसदृशं यच्छरीरं सुकोमलम् ॥ तत्कथं सहते देवि व्याधिभारं वरानने ॥ ४९ ॥ इति श्रुत्वा तदा देवी सत्वरा हंसगामिनी ॥ प्राप्य देशमुषा यत्र किमिदं कष्टलक्षणम् ॥ ५० ॥ पल्लवाकृतिहस्तेन कोमलं तत्करं तदा ॥ स्पृष्ट्वाऽङ्गुलीरनायासं स्फोटयामास भामिनी ॥ ५१ ॥ किमस्ति तव कल्याणि का व्यथा तव वर्तते ॥ एते वैद्याः समागत्य पृच्छन्ति भवतीं हितम् ॥ ५२ ॥ वैद्या ऊचुः ॥ जलक्रीडां गता तत्र राजपुत्री सखीगणैः ॥ पार्वत्याः क्रीडितं तत्र जानीमः श्रमसंभवम् ॥ ५३ ॥ श्रमाद्ग्लानिः समुत्पन्ना जृम्भणं च पुनः पुनः ॥ स्वापश्च जायते तेन मा भयं कर्तुमर्हसि ॥ ५४ ॥ देव्युवाच ॥ हृदये निहितं वैद्याश्चन्दनं हिमसंयुतम् ॥ अमात्याः किमिदं शीघ्रं किमिदं बुद्बुदायते ॥ ५५ ॥ अतिदाहो महान्स्वेदः पिपासा न बुभुक्षते ॥ प्रलाप एव किं तस्यां शास्त्रतो ब्रूत निश्चितम् ॥५६॥ वैद्या ऊचुः ॥ क्रीडाविहारे मिलिताः स्त्रीजना देवसन्निधौ ॥ रूपेणाप्रतिमा देवी राजपुत्री च भाविनी ॥५७॥ दृष्टिपातः कृतस्ताभिस्तेन पुत्र्यां व्यथाऽभवत् ॥ रक्षामन्त्रैस्तथा पीतैः सर्षपैस्तां कुमारिकाम् ॥ ५८ ॥ पानीयैरभिषेकेण परा शान्तिर्भविष्यति ॥ इत्युक्त्वा भिषजः सर्वे निवृत्ता नृपवेश्मतः ॥ ५९ ॥

राजकुमारी अपनी सखियोंके साथ जलविहार करने गयी थी। वहाँ पार्वतीको प्रसन्न करनेके लिए इसने विशेष क्रीड़ा की। मेरा ख्याल है कि उसी परिश्रमसे इसे ग्लानि हुई और बार-बार जम्हाई आ रही है। तन्द्रा भी उसीके कारण है। फिर भी भयकी कोई बात नहीं है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ महारानी बोली—हे वैद्यो! इसके हृदयपर हिमसंयुक्त चन्दनका लेप लगाया गया है, फिर भी शान्ति नहीं मिली। मन्त्रिगण! देखो-देखो, यह क्या बुदबुदा रही है ॥ ५५ ॥ इसे अत्यधिक दाहका अनुभव हो रहा है। पसीना बराबर बहता है। भूख-प्यास कुछ नहीं लगती और अहर्निशि रोया करती है। हे वैद्यगण! कृपया शास्त्रीय दृष्टिसे विवेचना करके मुझे इसका कारण बताइए ॥ ५६ ॥ वैद्य बोले—हे महारानी! यह शंकर भगवानके क्रीड़ाविहारमें अपनी सखियोंके साथ सम्मिलित हुई थी। इस होनहार राजकुमारीका रूप सबसे सुन्दर था। अतएव इसको नजर लग गयी है। सो रक्षामंत्रका उच्चारण करके इसपर पीली

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सरसों छींटी जाय और बीच-बीचमें जलका छींटा दिया जाय। ऐसा करनेसे इसे शान्ति मिलेगी। यह कहकर वे वैद्य राजमहलसे चले गये ॥५७–५९॥ इस प्रकार कामपीड़ाका संकेत करके वैद्योंके चले जानेपर माताने अधीर होकर उषासे पूछा तो बड़ी देर बाद लज्जावती महाभागा उषा रोती हुई अपनी मातासे बोली––माताजी! न जाने क्यों न मुझे भोजन भाता है और न सम्भाषण। कोई उत्सव भी नहीं अच्छा लगता और सर्वदा हृदयमें दाह बनी रहती है। इतना कहकर उषा चुप हो गयी ॥६०–६२॥ अब वहाँ उपस्थित सभी महिलायें परस्पर एक दूसरीका मुख निहारती हुई कहने लगीं––स्त्रियोंका यौवन लताके समान कोमल होता है ॥ ६३ ॥ राजकन्या अब ब्याहके योग्य हो गयी है। अपने पिता-माताके अनुग्रहसे इसे इसके अनुरूप वर प्राप्त होना चाहिए ॥ ६४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां एकोनविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११९ ॥

सूचयन्तः पुनः सर्वे कामाभिप्रायजां व्यथाम् ॥ मातृपृष्टा वरारोहा चिरकालमुवाच सा ॥ ६० ॥ लज्जावती महाभागा मातरं रुदतीं भृशम् ॥ मातर्न रोचते नित्यं भाषणं न च भोजनम् ॥ ६१ ॥ न चाप्युत्सवकं मातः सदाहं हृदयं शृणु ॥ इत्युक्त्वा विररामाथ ह्युषा नारी वरानना ॥ ६२ ॥ सर्वाभिः स्त्रीभिरारब्धमन्योन्यं मुखवीक्षणम् ॥ लतानुकारि नारीणां यौवनं हि भवेदिति ॥ ६३ ॥ इयं च राजकन्या हि भर्तृयोग्या किमुच्यते ॥ पितुः प्रसादान्मातुश्च प्राप्नुयात्सदृशं वरम् ॥ ६४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि बाणयुद्धे उषाविरहो नाम एकोनविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ११९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तत्रस्थाः परमा नार्यश्चित्रेण परमाद्भुताः ॥ ततो हर्म्ये शयानां तु वैशाखे मासि भामिनीम् ॥ १ ॥ द्वादश्यां शुक्लपक्षस्य सखीगणवृतां तदा ॥ यथोक्तः पुरुषः स्वप्ने रमयामास तां शुभाम् ॥ २ ॥ विचेष्टमाना रुदती देव्या वचनचोदिता ॥ सा स्वप्ने रमिता तेन स्त्रीभावं चापि लम्भिता ॥ शोणिताक्ता प्ररुदती सहसैवोत्थिता निशि ॥ ३ ॥ तां तथा रुदतीं दृष्ट्वा सखी भयसमन्विता ॥ चित्रलेखा वचः स्निग्धमुवाच परमाद्भुतम् ॥ ४ ॥ उषे मा भैः किमेवं त्वं रुदती परितप्यसे ॥ बलेः सुतसुता च त्वं प्रख्याता किं भयान्विता ॥ ५ ॥ न भयं विद्यते लोके तव सुभ्रु विशेषतः ॥ अभयं तव वामोरु पिता देवान्तको रणे ॥ ६ ॥ उत्तिष्ठोत्तिष्ठ भद्रं ते विषादं मा कृथाः शुभे ॥ नैवंविधेषु वासेषु भयमस्ति वरानने

(उषाहरण-कथाप्रसङ्गमें चित्रलेखाका द्वारका आगमन) वैशम्पायन बोले––हे महाराज! तदनन्तर वैशाखमास आ जानेपर शुक्लपक्षकी द्वादशीको उषा सखियोंके साथ अपनी अट्टालिकापर सो रही थी, उसी निद्रितावस्थामें एक पुरुषने आकर उसका आलिङ्गन कर लिया ॥ १ ॥ २ ॥ स्वप्नावस्थामें इस प्रकार आलिङ्गित होनेपर उषा एकाएक चीत्कार करने लगी। उठकर उसने देखा कि स्त्रीभाव (रजस्वला) हो जानेके कारण उसके वस्त्र रुधिरसे सन गये हैं। उसकी प्रिय सखी चित्रलेखा रोदन सुनते ही चकपकाकर उठ बैठी और कहने लगी–उषा! मत डरो। तुम इस तरह रोती क्यों हो? तुम भुवनविख्यात महाराज बाणासुरकी बेटी होकर इस प्रकार डरती हो? समरभूमिमें देवता भी तुम्हारे पिताके समक्ष

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं टिक पाये थे, तब तुम्हें किसका भय है ? ॥ ३–६ ॥ अतएव हे सखी ! अब तुम विषाद त्यागकर उठो । सुरेश्वर इन्द्रने जितनी बार देवताओंके साथ इस नगरीपर आक्रमण किया, उतनी बार उन्हें मार्गमें ही पिटकर लौट जाना पड़ा ॥ ७ ॥ ८ ॥ तुम्हारे पिताके भयसे देवता तक सदा सशङ्क रहते हैं। तब तुम्हें भय किस बातका है ? अब तुम शान्त होओ । तुम्हारे पिता सब असुरोंके राजा तथा श्रीमान् महाराज बलिके महाबली पुत्र हैं ॥९॥ चित्रलेखाके ऐसा कहनेपर यशस्विनी उषाने स्वप्नका समस्त वृत्तान्त कह सुनाया और कहा—॥१०॥ हे सखी ! मैं सती-साध्वी तथा उच्च कुलकी कन्या होती हुई भी इस प्रकार परपुरुषसे लांछित होकर किस तरह जीवन धारण करूँगी ? ॥११॥ शत्रुनाशक तथा देवताओंके भी भयदायक अपने पितासे मैं क्या कहूँगी ? जब मेरे द्वारा पितृकुल कलंकित हो गया तो अब जीवन धारण करनेकी आवश्यकता ही क्या है ? अब मेरा मर जाना ही अच्छा है । और फिर स्वप्नमें

॥ ७ ॥ असकृद्देवसहितः शचीभर्ता सुरेश्वरः ॥ अप्राप्त एव नगरं पित्रा ते मृदितो रणे ॥ ८ ॥ अयं देवसमूहस्य भयदश्च पिता तव ॥ महासुरवरः श्रीमान्बलेः पुत्रो महाबलः ॥ ९ ॥ एवं साऽभिहिता सख्या बाणपुत्री यशस्विनी ॥ स्वप्ने रूपं यथा दृष्टं न्यवेदयदनिन्दिता ॥ १० ॥ उषोवाच ॥ एवं सन्धर्षिता साध्वी कथं जीवितुमुत्सहे ॥ ११ ॥ पितरं किं नु वक्ष्यामि देवशत्रुमरिन्दमम् ॥ एवं संदूषणकरी वंशस्यास्य महौजसः ॥ १२ ॥ श्रेयो हि मरणं मह्यं न श्रेयोऽद्य जीवितम् ॥ ईप्सितो वा यथा कोऽपि पुरुषो विगतो हि मे ॥ १३ ॥ जाग्रतीव यथा चाहमवस्थेयं कृता मम ॥ कथमेवं कृता नाम कन्या जीवितुमुत्सहे ॥ १४ ॥ कुलोपक्रोशनकरी कुलाङ्गारी निराश्रया ॥ जीवितुं न स्पृहेन्नारी साध्वीनामग्रतः स्थिता ॥ १५ ॥ इत्येवं बाष्पपूर्णाक्षी सखीजनवृता तदा ॥ विललाप चिरं कालमुषा कमललोचना ॥१६॥ अनाथवत्तां रुदतीं सख्यः सर्वा विचेतसः ॥ ऊचुरश्रुपरीताक्षीमुषां सर्वाः समागताः ॥ १७ ॥ दुष्टेन मनसा देवि शुभं वा यदि वाऽशुभम् ॥ क्रियते न च ते सुभ्रु किंचिद्दुष्टं मनः शुभे ॥१८॥ प्रसभं दैवसंयोगाद्यदि भुक्ताऽसि भामिनि ॥ स्वप्नयोगेन कल्याणि व्रतलोपो न विद्यते ॥१९॥ व्यभिचारेण ते देवि नास्ति कश्चिद्व्यतिक्रमः ॥ न च स्वप्नकृतो दोषो मर्त्यलोकेऽस्ति सुन्दरि ॥ २० ॥ एवं विप्रर्षयो देवि धर्मज्ञाः कथयन्ति वै ॥ मनसा चैव वाचा च कर्मणा

जिस मेरे अभिलषित पुरुषने मेरी यह गति की थी, वह भी तो चला गया । मुझ जैसी अभागिनी और कुलकलंकिनी कन्या भी क्या जीवित रह सकती है ? ॥१२–१५॥ हे महाराज ! कमलनयनी उषा ऐसा कहकर बहुत देरतक विलाप करती रही और सखियाँ उसे घेरकर बैठी रहीं । उसे अत्यधिक आकुल देखकर सखियोंका भी धैर्य छूट गया और संज्ञाशून्य-सी होकर बिलखती हुई वे बोलीं——॥ १६ ॥ १७ ॥ हे राजदारिके ! शुभ या अशुभ किसी कार्यका शुभाशुभ फल तभी मिलता है कि जब दुष्ट मनसे वह काम किया जाय । सो हे शुभे ! तुम्हारे मनमें कोई भी दुष्ट भाव नहीं था ॥ १८ ॥ दैवयोगसे बलपूर्वक यद्यपि किसी पुरुषने सम्भोग किया है, किन्तु यह स्वप्नकी घटना है——प्रत्यक्ष नहीं । अतएव इससे तुम्हारा कन्याव्रत भंग नहीं होगा ॥ १९ ॥ इस घटनाकी व्यभिचारमें गणना नहीं होगी । विशेष बात यह है कि मर्त्यलोकमें स्वप्नकालमें किये गये अपराधको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपराध नहीं माना जाता ॥ २० ॥ धर्मज्ञ ब्राह्मणोंका कहना है कि जो स्त्री मन वचन और कर्मसे पाप करती है, वास्तवमें वही पापिनी होती है ॥ २१ ॥ एक क्षणके लिए भी कभी तुम्हारा मन विचलित होता नहीं देखा गया। विशेष करके तुम सतत ब्रह्मचारिणीके रूपमें रही हो। ऐसी स्थितिमें तुम दोषभागिनी कैसे कही जाओगी? ॥ २२ ॥ सोते समय तुम जैसी सती-साध्वी और शुद्धभाव सम्पन्न कन्या दैवयोगसे ऐसी दशामें पहुँच जाय तो उसका धर्म नहीं जाता ॥ २३ ॥ जो पहले ही से मनमें बुरे मनसूबे बाँधकर व्यभिचार करती है, वही वास्तवमें असती कहलाती है। किन्तु तुम तो सती हो ॥ २४ ॥ तुम रूप, गुण, कुल, शील और सतीत्व सर्वांशमें श्रेष्ठ हो। कालकी गति दुरतिक्रम होती है। इसी कारण तुमपर ऐसी घटना घटित हो गयी ॥ २५ ॥ इस प्रकार सखियोंने उषाको बहुत समझाया, फिर भी वह शान्त नहीं हुई। वह नेत्रोंसे अविरल

च विशेषतः ॥ दुष्टा या त्रिभिरेतैस्तु पापा सा प्रोच्यते बुधैः ॥ २१ ॥ न च ते दृश्यते भीरु मनः प्रचलितं सदा ॥ कथं त्वं दोषसंदुष्टा नियता ब्रह्मचारिणी ॥ २२ ॥ यदि सुप्ता सती साध्वी शुद्धभावा मनस्विनी ॥ इमामवस्थां प्राप्ता त्वं नैव धर्मो विलुप्यते ॥ २३ ॥ यस्या दुष्टं मनः पूर्वं कर्मणा चोपपादितम् ॥ तामाहुरसतीं नाम सती त्वमसि भामिनि ॥ २४ ॥ कुलजा रूपसंपन्ना नियता ब्रह्मचारिणी ॥ इमामवस्थां नीताऽसि कालो हि दुरतिक्रमः ॥ २५ ॥ इत्येवमुक्तां रुदतीं बाष्पेणावृतलोचनाम् ॥ कुम्भाण्डदुहिता वाक्यं परमं त्विदमब्रवीत् ॥ २६ ॥ त्यज शोकं विशालाक्षि अपापा त्वं वरानने ॥ श्रुतं मे यदिदं वाक्यं याथातथ्येन तच्छृणु ॥ २७ ॥ उषे यदुक्ता देव्याऽसि भर्तारं ध्यायती तदा ॥ समीपे देवदेवस्य स्मर भामिनि तद्वचः ॥ २८ ॥ द्वादश्यां शुक्लपक्षस्य वैशाखे मासि यो निशि ॥ हर्म्ये शयानां रुदतीं स्त्रीत्वं समुपनेष्यति ॥ २९ ॥ भविता स हि ते भर्ता शूरः शत्रुनिबर्हणः ॥ इत्युवाच वचो हृष्टा देवी तव मनोगतम् ॥ ३० ॥ न हि तद्वचनं मिथ्या पार्वत्या यदुदाहृतम् ॥ सा त्वं किमिदमत्यर्थं रोदिषीन्दुनिभानने ॥ ३१ ॥ एवमुक्ता तया बाला स्मृत्वा देवीवचस्ततः ॥ अभवन्नष्टशोका सा बाणपुत्री शुभेक्षणा ॥ ३२॥ उषोवाच ॥ स्मरामि भामिनि वचो देव्याः क्रीडागते भवे ॥ यथोक्तं सर्वमखिलं प्राप्तं हर्म्यतले मया ॥ ३३ ॥ भर्ता तु मम यद्येष लोकनाथस्य भार्यया ॥ व्या-

अश्रुधारा बहाती हुई रुदन कर रही थी। उसकी यह दशा देखकर कुम्भाण्डकी पुत्री बोली—॥ २६ ॥ हे विशालाक्षि! तुम शोक त्याग दो। इस विषयमें तुम सर्वथा निर्दोष हो। मुझे एक बात याद आगयी। अब मैं तुम्हें निरपराधिनी रहनेका कारण बता रही हूँ, सो सुनो ॥२७॥ चित्त शान्त करके इस बातका स्मरण करो कि महादेवके समक्ष भगवती पार्वतीने क्या कहा था ॥ २८ ॥ उन्होंने कहा था कि वैशाख मासके शुक्लपक्षकी द्वादशी तिथिको जब तुम अपनी अट्टालिकापर शयन करती रहोगी, उस समय जो शत्रुतापन वीर तुम्हारे साथ अपनी स्त्री जैसा व्यवहार करेगा, वही तुम्हारा पति होगा। इस प्रकार देवी भगवतीने तुम्हें अभिलषित वर दिया था॥ २९ ॥ ३० ॥ पार्वतीजीके वचन कदापि मिथ्या नहीं हो सकते। अतएव अपने अनुकूल अवसर उपस्थित होनेपर रोदन किसलिए कर रही हो? ॥ ३१ ॥ हे महाराज! कुम्भाण्डकी पुत्रीकी यह बात सुनकर उषाका सब शोक दूर हो गया और उसने कहा—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

'सखी ! मुझे वह बात स्मरण आ गयी । किन्तु भवानीने जिसे मेरा पति निर्दिष्ट किया है, वह कौन है ? उसे जाननेका कोई उपाय करो' ॥ ३२–३४ ॥ उषाके वचन सुनकर अर्थतत्त्वको समझनेमें निपुण कुम्भाण्डपुत्री बोली—॥ ३५ ॥ सखी ! हममेंसे कोई भी सखी उसका रूप गुण, कुल तथा पौरुष नहीं जानती । तब व्यर्थ आत्माको क्लेश देनेकी क्या आवश्यकता ? ॥ ३६ ॥ हमने उसे न कभी आँखोंसे देखा और न उसके विषयमें कानोंसे कुछ सुना । केवल तुम्हींने स्वप्नमें देखा है । ऐसी दशामें हम उस रतितस्करको कैसे पहचान सकेंगी ? ॥३७॥ जो भी हो, वह जब एकाकी इस लोकविख्यात नगरमें अपने पराक्रमसे घुस आया और तुम्हारे रोने-चिल्लानेपर भी बरबस संभोग कर गया, तब वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं हो सकता ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ आदित्यगण, वसुगण, रुद्रगण और दोनों अश्विनीकुमार इतने पराक्रमी होकर भी शोणितपुरमें घुसनेका साहस नहीं कर सके ॥ ४० ॥ किन्तु जब उसने

दिष्टः स कथं ज्ञेयस्तत्र कार्यं विधीयताम् ॥ ३४ ॥ इत्येवमुक्ते वचने कुम्भाण्डदुहिता पुनः ॥ व्याजहार यथान्यायमर्थतत्त्वविशारदा ॥ ३५ ॥ न हि तस्य कुलं देवि न कीर्तिर्नापि पौरुषम् ॥ कश्चिज्जानाति तत्त्वेन किमिदं त्वं विमुह्यसे ॥ ३६ ॥ अदृष्टश्चाश्रुतश्चैव दृष्टः स्वप्ने च यः शुभे ॥ कथं ज्ञेयो भवेद्भीरु सोऽस्माभी रतितस्करः ॥ ३७ ॥ येन त्वमसितापाङ्गि मत्तकाशिनि विक्रमात् ॥ रुदती प्रसभं भुक्ता प्रविश्यान्तःपुरं सखि ॥ ३८ ॥ न ह्यसौ प्राकृतः कश्चिद्यः प्रविष्टः प्रसह्यते ॥ नगरं लोकविख्यातमेकः शत्रुनिबर्हणः ॥ ३९ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा अश्विनौ च महौजसौ ॥ न शक्ताः शोणितपुरं प्रवेष्टुं भीमविक्रमाः ॥ ४० ॥ सोऽयमेतैः शतगुणैर्विशिष्टश्चारिसूदनः ॥ प्रविष्टः शोणितपुरं बाणमाक्रम्य मूर्धनि ॥ ४१ ॥ यस्या नैवंविधो भर्ता भवेद्युद्धविशारदः ॥ कस्तस्या जीवितेनार्थो भोगैर्वास्त्यम्बुजेक्षणे ॥ ४२ ॥ धन्याऽस्यनुगृहीताऽसि य[illegible] पतिरीदृशः ॥ प्राप्तो देव्याः प्रसादेन कन्दर्पसमविक्रमः ॥ ४३ ॥ इदं तु यत्कार्यतमं शृणु त्वं तन्मयेरितम् ॥ विज्ञेयो यस्य पुत्रो वै यन्नामा यत्कुलश्च सः ॥ ४४ ॥ इत्येवमुक्ते वचने तत्रोषा काममोहिता ॥ उवाच कुम्भांडसुतां कथं ज्ञास्याम्यहं सखि ॥ ४५ ॥ त्वमेव चिन्तय सखि नोत्तरं प्रतिभाति मे ॥ स्वकार्ये मुह्यते लोको यथा जीवं लभाम्यहम् ॥ ४६ ॥ उषाया वचनं श्रुत्वा रामा वाक्यमिदं पुनः ॥ उवाच रुदतीं चोषां कुम्भा-

बाणासुरके मस्तकपर पैर रखकर शोणितपुरमें प्रवेश किया है तो वह इन सबसे सौगुना अधिक बलवान् अवश्य होगा ॥ ४१ ॥ जिस पत्नीका पति इतना बली न हो, उसे न भोगसुख प्राप्त होता है और न जीवनधारणका ही आनन्द मिलता है ॥ ४२ ॥ जो भी हो, तुम धन्य और अनुगृहीत हो । यदि ऐसा न होता तो भगवती पार्वती प्रसन्न होकर इस प्रकार कामदेव सदृश सुन्दर पति तुम्हें क्यों देतीं ? ॥ ४३ ॥ अब मैं तुम्हें एक उपाय बता रही हूँ, सुनो । मेरा ऐसा विश्वास है कि उस उपायका अवलम्बन करनेसे वह जिसका पुत्र है, जिस वंशको अलंकृत करता है और वह जिस नामसे विख्यात है, इन सब बातोंका पता लग जायगा ॥ ४४ ॥ तब कामातुरा उषाने कहा—सखी ! अपने कार्यकी चिन्तामें प्रायः सभी लोग भ्रान्त हो जाते हैं । अतएव मैं स्वयं अपना कर्तव्य निर्धारण करनेमें असमर्थ हूँ । सो इस समय तुम ऐसा कोई उपाय करो कि जिससे मैं अपने उस प्रियतमको जानकर प्राप्त कर सकूँ॥४५॥४६॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उषाके वचन सुनकर कुम्भाण्डकी कन्या रामा बोली—सखी उषे ! तुम्हारी सखी चित्रलेखा अप्सरा सन्धि-विग्रहविषयक नीतिमें बड़ी ही निपुण है । उसे तीनों लोकोंका वृत्तान्त ज्ञात है । अतएव तुम शीघ्र उससे इस विषयमें परामर्श करो । यह बात सुनते ही उषा अत्यधिक प्रसन्न और विस्मित हो उठी ॥४७–४९॥ तत्काल उसने चित्रलेखाको बुलवाया और हाथ जोड़कर उसे सब बात बता दी ॥५०॥ उषाका मनोभाव समझकर चित्रलेखाने उसे ढाढ़स बँधाया ॥५१॥ तदनन्तर विस्मयाविष्ट उषाने अपनी प्रियसखी चित्रलेखासे कहा—हे भामिनी ! मैं तुम्हें अन्तिम निश्चय बताये दे रही हूँ । प्रियसखी चित्रलेखे ! यदि आज तुम मतवाले हाथी जैसे पराक्रमी तथा कमलनयन मेरे प्रियतमका पता लगाकर न ला सकोगी तो मैं अपने प्राण त्याग दूँगी ॥ ५२–५४ ॥ तब चित्रलेखाने उसे सान्त्वना देते हुए कहा—सखी ! मैं इस विषयमें कुछ भी जाननेमें असमर्थ हूँ ॥ ५५॥ क्योंकि तुम्हारे चितचोरके रूप, गुण, कुल,

ण्डदुहिता सखी ॥ ४७ ॥ कुशला ते विशालाक्षि सर्वथा सन्धिविग्रहे ॥ अप्सरा चित्रलेखा वै क्षिप्रं विज्ञाप्यतां सखि ॥ ४८ ॥ अस्याः सर्वमशेषेण त्रैलोक्यं विदितं सदा ॥ एवमुक्ता तदैवोषा हर्षेणागतविस्मया ॥ ४९ ॥ तामप्सरसमानाय्य चित्रलेखां सखीं प्रियाम् ॥ कृताञ्जलिपुटा दीना उषा वचनमब्रवीत् ॥ ५० ॥ सा तच्छ्रुत्वा तु वचनमुषायाः परिकीर्तितम् ॥ आश्वासयामास सखीं बाणपुत्रीं यशस्विनीम् ॥ ५१ ॥ ततः सा विस्मयाविष्टा वचनं प्राह दुर्वचम् ॥ चित्रलेखामप्सरसं प्रणयार्त्ता सखीमिदम् ॥ ५२ ॥ परमं शृणु मे वाक्यं यत्त्वां वक्ष्यामि भामिनि ॥ भर्तारं यदि मेऽद्य त्वं नानयिष्यसि मत्प्रियम् ॥ ५३ ॥ कान्तं पद्मपलाशाक्षं मत्तमातंगगामिनम् ॥ त्यक्ष्याम्यहं ततः प्राणानचिरात्तनुमध्यमे ॥ ५४ ॥ चित्रलेखाऽब्रवीद्वाक्यमुषां हर्षयती शनैः ॥ नैषोऽर्थः शक्यतेऽस्माभिर्वेत्तुं भामिनि सुव्रते ॥ ५५ ॥ न कुलेन न वर्णेन न शीलेन न रूपतः ॥ न देशतश्च विज्ञातः स हि चोरो मया सखि ॥ ५६ ॥ किन्तु कर्तुं यथाशक्यं बुद्धिपूर्वं मया सखि ॥ प्राप्तं च शृणु मे वाक्यं यथा काममवाप्स्यसि ॥ ५७ ॥ देवदानवयक्षाणां गन्धर्वोरगरक्षसाम् ॥ ये विशिष्टाः प्रभावेण रूपेणाभिजनेन च ॥ ५८ ॥ यथा प्रभावं तान्सर्वानालिखिष्याम्यहं सखि ॥ मनुष्यलोके ये चापि प्रवरा लोकविश्रुताः ॥ ५९ ॥ सप्तरात्रेण ते भीरु दर्शयिष्यामि तानहम् ॥ ततो विज्ञाय पादस्थं भर्त्तारं प्रतिपत्स्यसे ॥ ६० ॥ सा चित्रलेखया प्रोक्ता उषा हितचिकीर्षया ॥ क्रियतामेवमित्याह चित्रलेखां सखीं प्रियाम् ॥ ६१ ॥ ततः कुशलहस्तत्वाद्यथालेख्यं समन्ततः ॥ इत्युक्त्वा सप्तरात्रेण कृत्वा लेख्यगतांस्तु तान् ॥ ६२ ॥ चित्रपट्टगतान्मुख्यानानयामास शोभना ॥ ततः प्रस्तार्य पट्टं सा चित्रलेखा स्वयं कृतम्

शील और देशसे मैं सर्वथा अनभिज्ञ हूँ ॥ ५६ ॥ फिर भी उसे पानेके लिए मैं अपनी बुद्धिसे एक उपाय बताती हूँ, सुनो ॥ ५७ ॥ मैं देवता, दानव, यक्ष, गन्धर्व, राक्षस और पन्नगोंमें जो रूप, गुण, पराक्रम तथा कुलमें विख्यात हैं, उनका और मर्त्यलोकके लोगोंमेंसे जिन्हें पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त हो चुकी है, उन सबका चित्र बना रही हूँ । एक सप्ताहमें मैं सब चित्र आपके समक्ष उपस्थित कर दूँगी । तब आप उनमेंसे अपने चितचोरको पहचान लीजिएगा ॥५८–६०॥ चित्रलेखाके ऐसा कहनेपर उषा बोली—सखी ! जो उचित समझो सो करो ॥६१॥ तदनन्तर उस अप्सराने अपनी कार्यपटुता तथा हस्तलाघवके गुणसे एक सप्ताहके भीतर चित्रलेखनका कार्य पूर्ण कर लिया ॥ ६२ ॥ इसके बाद वह सब चित्र उषाके पास ले गयी और

९८

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सखियोंके समक्ष चित्रपट फैलाकर एक-एकके क्रमसे उन चित्रोंका प्रदर्शन करती हुई कहने लगी—॥ ६३ ॥ देव, दानव, यक्ष, गन्धर्व, उरग, किन्नर एवं मनुष्योंमें जो लोग सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं, उन सबका चित्र मैंने चित्रित कर लिया है। अब तुमने जिसे स्वप्नमें देखा था, उसे इन चित्रोंमें देखकर पहचानो ॥ ६४–६७ ॥ इस प्रकार एकादि क्रमसे देव, दानव, गन्धर्व और विद्याधरोंको देख लेनेके बाद यादवोंका चित्र देखते-देखते अनिरुद्धपर दृष्टि पड़ते ही उषा कहने लगी—सखी! यही है वह चोर ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ इसीने उस रोज स्वप्नावस्थामें मुझे दूषित किया था। इस समय यह रतितस्कर कहाँ है? ॥ ७० ॥ इसका कुल, शील और रूप कैसा है? इसका नाम क्या है? सो सब ठीक-ठीक बताओ। उसके बाद उचित कर्तव्य निर्धारित किया जायगा ॥७१॥ चित्रलेखा बोली—हे प्रिय सखी! ये त्रिलोकीनाथ भगवान कृष्णके पौत्र तथा प्रद्युम्नके पुत्र अनिरुद्ध हैं। समस्त त्रिलोकीमें इनके समान वीर

॥ ६३ ॥ उषायै दर्शयामास सखीनां तु विशेषतः ॥ एते देवेषु ये मुख्यास्तथा दानववंशजाः ॥ ६४ ॥ किन्नरोरगयक्षाणां राक्षसानां समन्ततः ॥
गन्धर्वासुरदैत्यानां ये चान्ये भोगिनः स्मृताः ॥ ६५ ॥ मनुष्याणां च सर्वेषां ये विशिष्टतमा नराः ॥ तदेतान्पश्य सर्वास्त्वं यथैव लिखितान्‍ ॥
॥ ६६ ॥ यस्ते भर्ता यथारूपो मयाभिलिखितः सखि ॥ तं त्वं प्रत्यभिजानीहि स्वप्ने यं दृष्टवत्यसि ॥ ६७ ॥ ततः क्रमेण सर्वांस्तान्दृष्ट्वा सा
मत्तकाशिनी ॥ देवदानगन्धर्वविद्याधरगणानथ ॥ अतीत्य च यदून्सर्वान्ददर्श यदुनन्दनम् ॥ ६८ ॥ तत्रानिरुद्धं दृष्ट्वा सा विस्मयोत्फुल्ललोचना ॥
उवाच चित्रलेखां तामयं चौरः स वै सखि ॥ ६९ ॥ येनाहं दूषिता पूर्वं स्वप्ने हर्म्यगता सती ॥ सोऽयं विज्ञातरूपो मे कृतोऽयं रतितस्करः
॥ ७० ॥ चित्रलेखे वदस्वैनं तत्त्वतो मम शोभने ॥ कुलशीलाभिजनतो नाम किं चास्य भामिनि ॥ ततः पश्चाद्विधास्यामि कार्यस्यास्य विनिश्चयम्
॥ ७१ ॥ चित्रलेखोवाच ॥ अयं त्रैलोक्यनाथस्य नप्ता कृष्णस्य धीमतः ॥ भर्ता तव विशालाक्षि प्राद्युम्निर्भीमविक्रमः ॥ ७२ ॥ न ह्यस्ति त्रिषु
लोकेषु सदृशोऽस्य पराक्रमे ॥ उत्पाट्य पर्वतानेष पर्वतैरेष शातयेत ॥ ७३ ॥ धन्याऽस्यनुगृहीताऽसि यस्यास्ते यदुपुङ्गवः ॥ त्र्यक्षपत्न्या समादिष्टः
सदृशः सज्जनः पतिः ॥ ७४ ॥ उषोवाच ॥ त्वमेवात्र विशालाक्षि योग्या भव वरानने ॥ न शक्या हि गतिश्चान्या अगत्या मे गतिर्भव ॥ ७५ ॥
अन्तरिक्षचरा च त्वं योगिनी कामरूपिणी ॥ उपायस्यास्य कुशला क्षिप्रमानय मे प्रियम् ॥७६॥ उपायश्चिन्त्यतां भीरु संप्रतर्क्य प्रिये सुखम् ॥ सिद्धार्था

और कोई नहीं है। ये पर्वतोंको उत्पाटित करके उन्हींके द्वारा प्रहार करके अन्यान्य पर्वतोंको चूर्ण कर देते हैं ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ तुम धन्य और कृतकृत्य हो। यदि ऐसा न होता तो भगवान शंकरकी पत्नी भगवती पार्वती तुम्हारे लिए ऐसा अनुरूप और सज्जन पति क्यों चुनतीं ॥ ७४ ॥ उषा बोली—हे वरानने! तुम मेरी सुयोग्य सखी हो। तुम्हारे सिवाय मेरी अन्य गति नहीं है। अतएव तुम मुझ अगतिकी गति बन जाओ ॥ ७५ ॥ तुम उपायरूपी शिल्पमें बहुत निपुण हो। अतएव जैसे भी हो, तुम मेरे प्रियतमको शीघ्र यहाँ ले आओ। तुम आकाशविहारिणी और इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ योगिनी हो। इसीसे मैं ऐसा कहती हूँ ॥ ७६ ॥ हे सखी! तुम कोई ऐसा उपाय सोचो कि जिससे मेरा काम

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्नाकर शीघ्र लौट आओ ॥ ७७ ॥ विपत्तके समय जो सहायक हो, वास्तवमें वही अपना मित्र होता है। हे सुश्रोणि! मैं इस समय कामार्ता हूँ। अतएव तुम मेरे प्राणोंकी रक्षा करो ॥ ७८ ॥ यदि आज ही तुम इन्हें न ला सकोगी तो मैं अवश्य अपने प्राण त्याग दूँगी ॥ ७९ ॥ बाणपुत्री उषाकी कातरोक्ति सुनकर चित्रलेखा बोली—हे शुचिस्मिते! तुम धैर्य धारण करके मेरी बात सुनो ॥८०॥ जैसे मेरे नगरके चारों ओर प्रहरीगण पहरा देते हुए इसकी रक्षा करते हैं, देवताओंके लिए भी अगम्य द्वारका भी प्रहरीगणोंसे सदा सुरक्षित रहती है ॥८१॥ द्वारकापुरीके द्वार लौहमयी कीलोंसे सुदृढ़ तथा द्वारकावासी यादव वीरोंसे परिरक्षित रहते हैं ॥ ८२ ॥ उस पुरीके पास ही समुद्र लहराता रहता है। स्वयं विश्वकर्माने उस नगरीका निर्माण किया है और भगवान कृष्णके आदेशसे बड़े भयानक योधा उसकी रक्षा करते हैं ॥ ८३ ॥ उसके सब ओर पर्वताकार प्राचीर और परिखा बनी हुई है। उसके पास ही धातुविमण्डित

संनिवर्तस्व येनोपायेन सुन्दरि ॥७७॥ भवेदापत्सु यन्मित्रं तन्मित्रं शस्यते बुधैः ॥ कामार्ता चास्मि सुश्रोणि भव मे प्राणधारिणी ॥ ७८ ॥ यद्येनं मे विशालाक्षि भर्तारममरोपमम् ॥ अद्य नानयसि क्षिप्रं प्राणांस्त्यक्ष्याम्यहं शुभे ॥ ७९ ॥ उषाया वचनं श्रुत्वा चित्रलेखाऽब्रवीद्वचः ॥ श्रोतुमर्हसि कल्याणि वचनं मे शुचिस्मिते ॥८०॥ यथा बाणस्य नगरी रक्ष्यते देवि सर्वशः ॥ द्वारकाऽपि तथा भीरु दुराधर्षा सुरैरपि ॥८१॥ अयस्मयप्रतिच्छन्ना गुप्तद्वारा च सा पुरी ॥ गुप्ता वृष्णिकुमारैश्च तथा द्वारकवासिभिः ॥ ८२ ॥ प्रान्ते सलिलसंयुक्ता विहिता विश्वकर्मणा ॥ रक्ष्यते पुरुषैर्घोरैः पद्मनाभस्य शासनात् ॥ ८३ ॥ शैलप्राकारपरिखादुर्गमार्गप्रवेशिनी ॥ सप्तप्राकाररचिता पर्वतैर्धातुमंडितैः ॥ ८४ ॥ न च शक्यमविज्ञातैः प्रवेष्टुं द्वारकां पुरीम् ॥ आत्मानं मां च रक्षस्व पितरं च विशेषतः ॥ ८५ ॥ उषोवाच ॥ तव योगप्रभावेण शक्यं तत्र प्रवेशनम् ॥ किं मे बहुविलापेन श्रूयतां सखि कारणम् ॥ ८६ ॥ अनिरुद्धस्य वदनं पूर्णचन्द्रसमप्रभम् ॥ यद्यहं तन्न पश्यामि यास्यामि यमसादनम् ॥ ८७ ॥ दूतमासाद्य कार्याणां सिद्धिर्भवति भामिनि ॥ तस्माद्दौत्येन मे गच्छ जीवन्तीं मां यदीच्छसि ॥ ८८ ॥ यदि त्वं मे विजानासि सख्यं प्रेम्णा च भाषितम् ॥ क्षिप्रमानय मे कान्तं तवास्मि शरणं गता ॥ ८९ ॥ जीवितस्य हि संदेहः क्षयं चैव कुलस्य च ॥ कामार्ता हि न पश्यन्ति कामिन्यो मदविक्लवाः ॥ ९० ॥ प्रयत्नो युज्यते कार्येष्विति शास्त्रनिदर्शनम् ॥ ९१ ॥ त्वं च शक्ता विशालाक्षि द्वारकायां प्रवेशने ॥ संस्तुताऽसि मया भीरु कुरु मे प्रियदर्शनम् ॥ ९२ ॥

पर्वत द्वारा निर्मित सात अन्य प्राचीर भी हैं। अपरिचित व्यक्ति उसके भीतर कदापि प्रवृष्ट नहीं हो सकता। अतएव इस समय तुम अपनी, अपने पिताकी और मेरी रक्षा करो ॥ ८४ ॥ ८५ ॥ उषाने कहा——सखी! तुम योगबलसे वहाँ प्रविष्ट हो जाओगी। तुमसे और अधिक क्या कहूँ। यदि शीघ्र अनिरुद्धके पूर्ण चन्द्रमा सदृश सुन्दर मुखको न देख सकूँगी तो मैं अपने इस जीवनको जलाञ्जलि देकर यमपुरी चली जाऊँगी ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ संसारमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं है कि जो योग्य दूत द्वारा न सम्पन्न हो सके। अतएव यदि तुम मुझे जीवित देखना चाहती होओ तो शीघ्र मेरे दौत्यकार्यमें संलग्न हो जाओ ॥ ८८ ॥ यदि मेरे प्रति तुम्हारा यथार्थ अनुराग हो तो मैं तुम्हारी शरणागत हूँ। कृपा करके मेरे प्रियतमको शीघ्र ले आओ ॥ ८९ ॥ कामातुरा कन्यायें प्राणसंकट, स्वजनविनाश तथा कुलकलंकपर ध्यान नहीं दे पातीं ॥ ९० ॥ कार्य सिद्ध हो या न हो, कार्यकाल उपस्थित होनेपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपाय तो करना ही चाहिए। यही शास्त्रोंका आदेश है ॥ ९१ ॥ हे विशालाक्षि! तुम अनायास द्वारकाप्रवेशमें समर्थ होओगी। हे भीरु! मैं तुम्हारी चिरौरी करती हूँ। तुम शीघ्र मुझे मेरे प्रियतमका दर्शन करा दो ॥ ९२ ॥ चित्रलेखा बोली—सखी! मैं तुम्हारे अमृतमय वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव मुझे तुम्हारा कार्य सम्पन्न करनेके लिए विवश हो जाना पड़ा है ॥ ९३ ॥ लो, मैं अभी द्वारकापुरी जाती हूँ और आज ही तुम्हारे प्रियतम वृष्णिकुलतिलक महाबाहु अनिरुद्धको ले आऊँगी ॥ ९४ ॥ चित्रलेखा दानवोंके लिए भयंकर यह बात कहकर तत्काल मनोवेगसे चल पड़ी ॥ ९५ ॥ तब उषा चिन्ताकुलित मनसे सखियोंके मध्यमें बैठकर प्रतीक्षा करने लगी। चित्रलेखा अपनी सखीके उपकारार्थ तीसरे मुहूर्तमें तपस्वियोंका पूजन करके शोणितपुरसे बाहर निकल पड़ी। तदनन्तर वह बहुत शीघ्र कैलासशिखराकार अट्टालिकाओंसे सुशोभित तथा आकाशमें विराजमान तारिकाके समान रमणीय

चित्रलेखोवाच ॥ सर्वथा संस्तुता तेऽहं वाक्यैरमृतसोदरैः ॥ कारिता च समुद्योगं प्रियैः कान्तैश्च भाषितैः ॥ ९३ ॥ एषा गच्छाम्यहं भीरु क्षिप्रं वै द्वारकां पुरीम् ॥ भर्तारमानयाम्यद्य तव वृष्णिकुलोद्भवम् ॥ अनिरुद्धं महाबाहुं प्रविश्य द्वारकां पुरीम् ॥ ९४ ॥ सा वचस्तथ्यमशिवं दानवानां भयावहम् ॥ उक्त्वा चान्तर्हिता क्षिप्रं चित्रलेखा मनोजवा ॥ ९५ ॥ सखीभिः सहिता ह्यूषा चिन्तयन्ती तु सा स्थिता ॥ तृतीये तु मुहूर्ते सा नष्टा बाणपुरात्तदा ॥ ९६ ॥ सखीप्रियं चिकीर्षन्ती पूजयन्ती तपोधनान् ॥ क्षणेन समनुप्राप्ता द्वारकां कृष्णपालिताम् ॥ ९७ ॥ कैलासशिखराकारैः प्रासादैरुपशोभिताम् ॥ ददर्श द्वारकां रम्यां दिवि तारामिव स्थिताम् ॥ ९८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि उषाहरणे चित्रलेखाया द्वारकागमनं नाम विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ द्वारवतीं प्राप्य स्थिता सा भवनान्तिके ॥ प्रवृत्तिहरणार्थाय चित्रलेखा व्यचिन्तयत् ॥१॥ अथ चिन्तयती सा तु बुद्धिबुद्ध्यर्थनिश्चयम् ॥ अपश्यन्नारदं तत्र ध्यायन्तमुदके मुनिम् ॥ २ ॥ तं दृष्ट्वा चित्रलेखा तु हर्षेणोत्फुल्ललोचना ॥ उपसृत्याभिवाद्याथ तत्रैवाधोमुखी स्थिता ॥ ३ ॥ नारदस्त्वाशिषं दत्त्वा चित्रलेखामथाब्रवीत् ॥ किमर्थमिह संप्राप्ता श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ ४ ॥ देवर्षिमथ तं दिव्यं नारदं लोकपूजितम् ॥ कृताञ्जलिपुटा भूत्वा चित्रलेखा त्वथाब्रवीत् ॥५॥ भगवञ्छ्रूयतां वाक्यं दौत्येनाहमिहागता ॥ अनिरुद्धं मुने नेतुं यदर्थं च शृणु-

द्वारकापुरीमें जा पहुँची ॥ ९६–९८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२० ॥

(बाणासुर-अनिरुद्धयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! चित्रलेखा द्वारकामें भगवान कृष्णके द्वारपर पहुँचकर यह सोच रही थी कि मैं किस तरह अनिरुद्धके पास पहुँचकर उन्हें उषाका वृत्तान्त सुनाऊँ ॥ १ ॥ उसी समय उसने देखा कि एक जलाशयके तटपर बैठे हुए देवर्षि नारद भगवानका ध्यान कर रहे हैं ॥२॥ उन्हें देखते ही चित्रलेखा आनन्दोल्लाससे गद्गद हो गयी। तत्काल वह उनके समीप जा पहुँची और देवर्षिको प्रणाम करके नतमस्तक होकर खड़ी हो गयी ॥३॥ मुनिवर आशीर्वाद देकर चित्रलेखासे बोले—अप्सरे! तुम जिस कामसे यहाँ आयी हो, वह मैं भली भाँति जानना चाहता हूँ ॥ ४ ॥ तब चित्रलेखाने हाथ जोड़कर उन लोकपूजित देवर्षि नारदको सम्बोधित करके कहा—॥ ५ ॥ भगवन्!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मैं जिस कार्यके लिए यहाँ आयी हूँ, सो बता रही हूँ। सुनिए—इस समय मैं दूती बनकर आयी हूँ और अनिरुद्धको ले जानेके लिए मेरा आगमन हुआ है। उसका कारण यह है कि शोणितपुरमें बाण नामसे विख्यात एक बहुत बड़ा असुर रहता है। उसकी परम सुन्दरी कन्याका नाम उषा है ॥६॥७॥ भगवती पार्वतीने वरदान देकर प्रद्युम्नतनय तथा पुरुषोत्तम अनिरुद्धको उषाका पति घोषित कर दिया है और उषा उनपर अत्यधिक आसक्त है। अतएव मैं उन्हें ले जानेके लिए ही यहाँ आयी हूँ। मैं जिस तरह अपने कार्यमें सफल हो सकूँ, उसका कोई उपाय करिए। मैं जब उन्हें लेकर शोणितपुर चली जाऊँ, तब आप भगवान कृष्णको सब वृत्तान्त बता दीजिएगा। वैसी स्थितिमें दैत्येन्द्रके साथ युद्ध छिड़ जायगा। असुरराज बाणासुर युद्धमें बड़ा दुर्धर्ष है ॥८–१०॥ अतएव यह निश्चित है कि अकेले अनिरुद्ध उसे पराजित नहीं कर सकेंगे। अन्तमें वह दैत्य कृष्णके हाथों ही पराजित होगा ॥११॥ इस समय मैं भगवानको यह

ष्व मं ॥ ६ ॥ नगरे शोणितपुरे बाणो नाम महासुरः ॥ तस्य कन्या वरारोहा नाम्नोषेति च विश्रुता ॥ ७ ॥ भगवन्साऽनुरक्ता च प्राद्युम्निं पुरु-
षोत्तमम् ॥ देव्या वरविसर्गेण तस्या भर्ता विनिर्मितः ॥ ८ ॥ तं च नेतुं समायाता तत्र सिद्धिं विधत्स्व मे ॥ मया नीतेऽनिरुद्धे तु नगरं शोणि-
ताह्वयम् ॥ ९ ॥ प्रवृत्तिः पुण्डरीकाक्षे त्वयाऽऽख्येया महामुने ॥ अवश्यं भविता चैव कृष्णेन सह विग्रहः ॥ बाणस्य सुमहान्संख्ये दिव्यो हि स
महासुरः ॥ १० ॥ न च शक्तोऽनिरुद्धस्तं युद्धे जेतुं महासुरम् ॥ सहस्रबाहुमायान्तं जयेत्कृष्णो महाभुजः ॥ ११ ॥ भगवन्सन्निकर्षं ते यदर्थमह-
मागता ॥ कथं हि पुण्डरीकाक्षो ज्ञापितस्तदिदं भवेत् ॥ १२ ॥ त्वत्प्रसादाच्च भगवन्न मे कृष्णाद्भयं भवेत् ॥ स हि तत्त्वार्थदृष्टिस्तु अनिरुद्धः कथं
ह्रियेत् ॥ १३ ॥ क्रुद्धो हि स महाबाहुस्त्रैलोक्यमपि निर्दहेत् ॥ पौत्रशोकाभिसंतप्तः शापेन स दहेत माम् ॥ १४ ॥ तत्रोपायं च भगवँश्चिन्तितुं वै
त्वमर्हसि ॥ यथा ह्युषा लभेत्कान्तं मम चैवाभयं भवेत् ॥ १५ ॥ इत्येवमुक्तो भगवांश्चित्रलेखां स नारदः ॥ उवाच स शुभं वाक्यं मा भैस्त्वमभयं
शृणु ॥ १६ ॥ त्वया नीतेऽनिरुद्धे तु कन्यावेश्म प्रवेशिते ॥ यदि युद्धं भवेत्तत्र स्मर्तव्योऽहं शुचिस्मिते ॥ १७ ॥ ममैष परमः कामो युद्धं द्रष्टुं मनो-
रमे ॥ तद्दृष्ट्वा च महाप्रीतिः प्रवृत्तिश्च दृढा भवेत् ॥ १८ ॥ गृह्यतां तामसीं विद्यां सर्वलोकप्रमोहिनीम् ॥ कृतकृत्यस्तु ते देवि एष विद्यां ददाम्य-

समाचार किस तरह सुनाऊँ। यही जाननेके लिए मैं आपके पास आयी हूँ ॥१२॥ यदि आप दया करके यह वृत्तान्त उनके कानों तक पहुँचा दें, तो मेरा सारा भय दूर हो जाय। बिना उनको यह बात मालूम हुए मैं अनिरुद्धका हरण कैसे करूँगी ॥१३॥ क्योंकि भगवान कृष्ण कुपित होकर तीनों लोक भस्म कर सकते हैं। यदि मैं चुपकेसे अनिरुद्धको उठा ले जाऊँ तो पौत्रशोकसे कातर होकर वे अपने शाप द्वारा मुझे भस्म कर देंगे ॥१४॥ अतएव आप ऐसा कोई उपाय करिए कि जिससे उषाको उसका अभिमत पति मिल जाय और मैं निर्भय हो जाऊँ ॥१५॥ चित्रलेखाके ऐसा कहनेपर देवर्षि नारद बोले— चित्रलेखे! तुम्हें कोई भय नहीं है। अब अभय होनेका उपाय बताता हूँ, सुनो—॥१६॥ जब तुम अनिरुद्धको लेकर बाणकन्याके अन्तःपुरमें पहुँचा दो, तब यदि युद्ध उपस्थित हो जाय तो मेरा स्मरण करना ॥ १७ ॥ क्योंकि युद्ध देखनेकी मेरी प्रबल अभिलाषा रहती है। उसे देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है और वृत्तियाँ दृढ़ हो जाती हैं ॥ १८ ॥ इसी समय मैं तुम्हें लोकमोहिनी एक तामसी विद्या प्रदान कर रहा हूँ, उसे ग्रहण कर लो ॥ १९ ॥ नारदजीके ऐसा कहनेपर चित्रलेखाने उनसे तामसी विद्या ले ली और देवर्षिको प्रणाम करके आकाशमें उड़ चली । कुछ ही देर बाद आकाशमार्गसे उसने देखा कि द्वारकापुरीके बीचोबीच कामदेव (प्रद्युम्न) का भवन है और उनकी बगलमें ही अनिरुद्धका प्रासाद है । बस, तत्काल वह उस भवनमें प्रविष्ट हो गयी ॥२०–२२॥ उस भवनकी वेदी तथा स्तम्भ स्वर्णमय थे । उसके तोरण भी स्वर्णमय थे और वैदूर्यमणिसे उनकी रचना हुई थी । यत्र-तत्र पुष्पमालायें टँगी हुई थीं और द्वारपर पूर्णकुम्भ रक्खे थे ॥ २ ॥ सूर्यकी किरणोंसे चमकते हुए तोरणकी शोभा मयूरकण्ठके समान कर्बुरवर्णकी दिखायी देती थी । चारों ओर मणि तथा प्रवालकी पच्चीकारी की हुई थी और उसके भीतरसे सदा गन्धर्वोंका सुमधुर कण्ठस्वर सुनायी देता था ॥ २४ ॥ जहाँ अनिरुद्ध आनन्दपूर्वक निवास करते थे, उस भवनके भीतर जाकर उसने देखा कि अनेक सुन्दरी स्त्रियोंसे घिरकर बैठे हुए वे ऐसे लग रहे हैं, जैसे तारिकाओंके मध्य चन्द्रमा उदित हो गये हों ॥ २५ ॥ २६ ॥ परम शोभा-

हम् ॥ १९ ॥ एवमुक्ते तु वचने नारदेन महर्षिणा ॥ तथेति वचनं प्राह चित्रलेखा मनोजवा ॥ २० ॥ अभिवाद्य महात्मानमृषीणां नारदं वरम् ॥ सा जगामानिरुद्धस्य गृहं चैवान्तरिक्षगा ॥ २१ ॥ ततो द्वारवतीमध्ये कामस्य भवनं शुभम् ॥ तत्समीपेऽनिरुद्धस्य भवनं सा विवेश ह ॥ २२ ॥ सौवर्णवेदिकास्तम्भं रुक्मवैदूर्यतोरणम् ॥ माल्यदामावसक्तं च पूर्णकुम्भोपशोभितम् ॥ २३ ॥ बर्हिकण्ठनिभग्रीवं प्रासादैरर्कशोभितैः ॥ मणिप्रवाल-विस्तीर्णं देवगन्धर्वनादितम् ॥ २४ ॥ ददर्श भवनं यत्र प्राद्युम्निरवसत्सुखम् ॥ ततः प्रविश्य भवनं सहसा तस्य तन्महत् ॥ २५ ॥ तत्रानिरुद्धं साऽपश्यच्चित्रलेखा वराप्सराः ॥ मध्ये परमनारीणां तारापतिमिवोदितम् ॥ २६ ॥ क्रीडाविहारे नारीभिः सेव्यमानमितस्ततः ॥ पिबन्तं मधु माध्वीकं श्रिया परमया युतम् ॥ २७ ॥ वरासनगतं तत्र यथा वैडविडं तथा ॥ वाद्यते समतालं च गीयते मधुरं तथा ॥ २८ ॥ न च तस्य मन-स्तत्र तमेवार्थमचिन्तयत् ॥ स्त्रियः सर्वगुणोपेता नृत्यन्ते तत्र तत्र वै ॥ २९ ॥ न चास्य मनसस्तुष्टिं चित्रलेखा प्रपश्यति ॥ न चाभिरमते भोगैर्न चापि मधु सेवते ॥ ३० ॥ व्यक्तमस्य हि सत्स्वप्नो हृदये परिवर्तते ॥ इति तत्रैव बुद्ध्या च निश्चिता गतसाध्वसा ॥ ३१ ॥ सा दृष्ट्वा परमस्त्रीणां मध्ये शक्रध्वजोपमम् ॥ चिन्तयाविष्टहृदया चित्रलेखा मनस्विनी ॥ ३२ ॥ कथं कार्यमिदं कार्यं कथं स्वस्ति भवेदिति ॥ साऽन्तर्हिता चिन्त-

धाम अनिरुद्ध उन रमणीगणों द्वारा सेवित होकर कुबेरके समान एक उत्कृष्ट आसनपर विराजमान थे और बारम्बार मधु-माध्वीक आदि मदिराओंका पान करते चलते थे । एक ओर मृदुस्वरमें संगीतका क्रम चल रहा था और उसके साथ सम तालमें अनेक वाद्ययंत्र बज रहे थे ॥ २७ ॥ २८ ॥ सर्वगुणसम्पन्न कामिनियाँ उनके आगे नृत्य कर रही थीं, किन्तु यह सब होते हुए भी अनिरुद्धको चैन नहीं मिल रही थी । किसी भी भोगमें उनका मन नहीं लगता था । अब मद्यपान भी उन्होंने बन्द कर दिया ॥ २९ ॥ ३० ॥ वे अन्यमनस्क होकर कुछ सोच रहे थे । यह भावधारा देखकर चित्रलेखाके मनमें एक विलक्षण विश्वास उत्पन्न हो गया कि उषाको स्वप्नमें देखकर ही ये इस प्रकार अधीर हैं । उस समय उसका आरम्भिक भय भाग गया ॥ ३१ ॥ किन्तु स्त्रियोंके बीच उन्हें बैठे देखकर चित्रलेखा मन ही मन यह सोचने लगी कि ऐसी परिस्थितिमें मेरा काम कैसे बनेगा । यह सोचकर वह नारदकी दी हुई तामसी विद्याके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रभावसे स्वयं अलक्षित रहती हुई धीरे-धीरे आकाशसे उतरकर उस प्रासादके ऊपर आ गयी। उसे ऐसा करते किसीने नहीं देखा। चित्रलेखाने वहाँ पहुँचकर अपनी तामसी विद्यासे सबको मोहमें डालकर केवल अनिरुद्धको दर्शनशक्ति प्रदान करके उन रमणीगणोंके मध्यमें जा पहुँची और बड़े ही मधुर स्वरमें सम्बोधित करके बोली—हे वीरवर! आप सर्वथा सकुशल हैं? ॥३२–३६॥ आपके अहोरात्र सुखसे बीतते हैं? हे रतिसुत! मुझे आपसे कुछ कहना है। सो बता रही हूँ, सुनिए—॥३७॥ आपने जिसे स्वप्नमें देखा और पत्नीवत् व्यवहार किया है, वह उषा उसी समयसे आपको अपने मनमन्दिरमें बसा चुकी है। सो मेरी प्रिय सखी उषाने ही मुझे आपके पास भेजा है। वह आपको देखनेके लिए नितान्त कातर होकर कभी रोती है, कभी जमुहाई लेती है और कभी बार-बार लम्बी साँसें छोड़ती है ॥३८॥३९॥ हे सौम्य! यदि आप वहाँ चलें, तभी वह किसी तरह जीवित रह सकती है। अन्यथा आपके वियोगमें

यित्वा चित्रलेखा यशस्विनी ॥ ३३ ॥ तामस्या छादयामास विद्यया शुभलोचना ॥ ततोऽन्तरिक्षादेवाशु प्रासादोपर्यधिष्ठिता ॥ ३४ ॥ प्राद्युम्निं वचनं प्राह श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥ चक्षुर्दत्त्वा तु सा तस्मै कृत्वा चात्मनिदर्शनम् ॥ ३५ ॥ विविक्ते सा च वै देशे तं वाक्यमिदमब्रवीत् ॥ अपि ते कुशलं वीर सर्वत्र यदुनन्दन ॥ ३६ ॥ अहस्तावत्प्रदोषो वा कच्चिद्गच्छति ते सुखम् ॥ शृणुष्व त्वं महाबाहो विज्ञप्तिं मे रतीसुत ॥ ३७ ॥ उषाया मम सख्यास्तु वाक्यं वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥ स्वप्ने तु या त्वया दृष्टा स्त्रीभावं चापि भाविता ॥ ३८ ॥ बिभर्ति हृदये या त्वामुषया प्रेषिता त्वहम् ॥ रुदन्ती जृम्भती चैव निःश्वसन्ती मुहुर्मुहुः ॥ ३९ ॥ त्वद्दर्शनपरा सौम्य कामिनी परितप्यते ॥ यदि त्वं यास्यसे वीर धारयिष्यति जीवितम् ॥ ४० ॥ अदर्शनेन मरणं तस्या नास्त्यत्र संशयः ॥ यदि नारीसहस्रं ते हृदिस्थं यदुनन्दन ॥ ४१ ॥ स्त्रियाः कामयमानायाः कर्तव्या हस्तधारणा ॥ त्वं च तस्या वरोत्सर्गे दत्तो देव्या मनोरथः ॥ ४२ ॥ चित्रपट्टं मया दत्तं त्वच्चिह्नं दृश्य जीवति ॥ सानुक्रोशो यदुश्रेष्ठ भव तस्या मनोरथे ॥ ४३ ॥ उषा ते पतते मूर्ध्ना वयं च यदुनन्दन ॥ श्रूयतां चोद्भवस्तस्याः कुलशीलं च यादृशम् ॥ ४४ ॥ संस्थानं प्रकृतिं चास्याः पितरं च ब्रवीमि ते ॥ वैरोचनिसुतो वीरो बाणो नाम महासुरः ॥ ४५ ॥ स राजा शोणितपुरे तस्य त्वामिच्छते सुता ॥ त्वद्भावगतचित्ता सा त्वन्मयं चापि जीवितम् ॥ ४६ ॥ मनोरथकृतो भर्ता देव्या दत्तो न संशयः ॥ त्वत्संगमात्सा सुश्रोणी प्राणान्धारयते शुभा ॥ ४७ ॥ चित्रलेखावचः श्रुत्वा सो-

वह अवश्य मर जायगी, इसमें कोई संशय नहीं है। यद्यपि आपके हजारों महिलायें हैं, किन्तु यदि कोई अन्य स्त्री भी आपको चाहे तो उसका हाथ थाम्हना आपका कर्तव्य है। क्योंकि भगवती पार्वतीने वरदान देकर उसे प्रत्याशा दी है ॥४०–४२॥ मैंने तुम्हारे चित्रसे अङ्कित एक चित्रपट उसे दिया था। उसीको गोदमें रखकर वह किसी प्रकार जीवन धारण कर रही है। हे यदुनन्दन! मेरी प्रिय सखी तथा मैं आपके चरणोंमें मस्तक रखकर प्रार्थना करती हूँ कि आप दया करके मेरी सखीका मनोरथ पूर्ण कर दीजिए। अब मैं उसकी उत्पत्ति तथा कुल-शीलका वर्णन कर रही हूँ ॥४३॥४४॥ उसके निवासस्थान, उसकी प्रकृति तथा उसके पिताका भी इतिहास बताती हूँ ॥ ४५ ॥ दैत्यराज बलिका ज्येष्ठ पुत्र बाणासुर असाधारण वीर है और शोणितपुर उसकी राजधानी है। बाणासुर उषाका पिता है। उस सुन्दरीका मन सर्वथा आपपर आसक्त है और उसका जीवन आपके अधीन है ॥ ४६ ॥ देवी पार्वतीने उसे वरदान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिया है कि आप उसके पति होंगे। अतएव वह आपपर इतनी आसक्त है कि आपके समागमके अभावमें किसी तरह जीवित नहीं बचेगी ॥ ४७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! वीरवर अनिरुद्ध उषाके वचन सुनकर बोले—चित्रलेखे! जबसे मैंने उसे स्वप्नमें देखा है, तबसे मेरी जो दशा हुई है। सो बता रहा हूँ, सुनो—॥४८॥ मैं भी तभीसे उसके रूप-लावण्य, गमन, संयोग और रोदन आदिके विषयमें ही सोचता हुआ रात-दिन अज्ञानी जैसा बना रहता हूँ ॥४९॥ इस समय यदि मुझपर तुम्हारा अनुग्रह और यदि कुछ भी अपनेपनका भाव हो तो तुम मुझे शीघ्र उसके पास ले चलो। मैं अपनी प्रियाको देखनेके लिए बेचैन हूँ ॥ ५० ॥ अपनी प्रियतमा उषासे मिलनेके लिए मैं सदा अधीर रहता हूँ। क्योंकि मुझे कामवेदना बराबर सताया करती है। हे चित्रलेखे! मैं हाथ जोड़ता हूँ। मेरा स्वप्न सत्य कर दो ॥५१॥ चित्रलेखा अनिरुद्धका अभिप्राय जानकर बहुत प्रसन्न हुई। तत्काल उनके विचारसे सहमत

ऽनिरुद्धोऽब्रवीदिदम् ॥ दृष्टा स्वप्ने मया सा हि तन्मत्तः शृणु शोभने ॥ ४८ ॥ रूपं कांतिं मतिं चैव संयोगं रुदितं तथा ॥ एवं सर्वमहोरात्रं मुह्यामि परिचिन्तयन् ॥ ४९ ॥ यद्यहं समनुग्राह्यो यदि सख्यं त्वमिच्छसि ॥ नयस्व चित्रलेखे मां द्रष्टुमिच्छाम्यहं प्रियाम् ॥ ५० ॥ कामसन्तापसन्तप्तः प्रियासङ्गमकामतः ॥ एषोऽञ्जलिर्मया बद्धः सत्यं स्वप्नं कुरुष्व मे ॥ ५१ ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा चित्रलेखा वराप्सराः ॥ सफलोऽद्य मम क्लेशः सख्या मे यत्प्रयाचितम् ॥५२॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ईप्सितं तस्य विज्ञाय अनिरुद्धस्य भामिनी ॥ चित्रलेखा ततस्तुष्टा तथेति च तमब्रवीत् ॥ ५३ ॥ हर्म्ये स्त्रीगणमध्यस्थं कृत्वा चान्तर्हितं तदा ॥ उत्पपात गृहीत्वा सा प्राद्युम्निं युद्धदुर्मदम् ॥ ५४ ॥ सा तमध्वानमागम्य सिद्धचारणसेवितम् ॥ सहसा शोणितपुरं प्रविवेश मनोजवा ॥ ५५ ॥ अदर्शनं तमानीय मायया कामरूपिणी ॥ अनिरुद्धं महाभागा यत्रोषा तत्र गच्छति ॥ ५६ ॥ उषाया दर्शयच्चैनं चित्राभरणभूषितम् ॥ चित्राम्बरधरं वीरं रहस्यमररूपिणम् ॥ ५७ ॥ तत्रोषां विस्मितां दृष्ट्वा हर्म्यस्थां सखिसन्निधौ ॥ प्रवेशयामास च तं तदा सा स्वगृहं ततः ॥ ५८ ॥ प्रहर्षोत्फुल्लनयना प्रियं दृष्ट्वाऽर्थकोविदा ॥ सा हर्म्यस्था तमर्घ्येण यादवं समपूजयत् ॥५९॥ चित्रलेखां परिष्वज्य प्रियाख्यानेष्वपूजयत् ॥ त्वरिता कामिनी प्राह चित्रलेखां भयातुरा ॥६०॥ सखीदं वै कथं कार्यं गुह्यं कार्यविशारदे ॥ गुह्ये कृते भवेत्स्वस्ति प्रकाशे जीवितक्षयः ॥६१॥ इत्युक्त्वा त्वरमाणा सा गुह्यदेशे स्वलंकृता ॥ कान्तेन सह संयुक्ता स्थिता वै भीतभीतवत् ॥६२॥

होकर उसने उन स्त्रियोंके बीचसे अनिरुद्धको गायब कर दिया और उन्हें अपने साथ लिये हुए आकाशमें उड़ चली। चित्रलेखा अनिरुद्धके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुई और उसने मन ही मन सोचा कि मेरी सखीने जो काम सौंपा था, वह पूर्ण हो गया ॥५२–५४॥ तदनन्तर सिद्धों-चारणोंसे सेवित मार्ग तै करके वह शीघ्र शोणितपुरमें जा पहुँची और अपनी मायाके बलसे अनिरुद्धको छिपाकर उषाके पास पहुँचा दिया ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ विचित्र आभरण तथा विचित्र शस्त्रास्त्रधारी अनिरुद्धको देखकर उषा बहुत विस्मित हुई। उसे आश्चर्यचकित देखकर चित्रलेखा उन दोनोंको घरके भीतर ले गयी ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ वहाँ उषाने अति आनन्दित चित्तसे अनिरुद्धका अर्घ्यसे पूजन किया और चित्रलेखाका आलिङ्गन करके कहा—सखी! अब यह बताओ कि इन्हें यहाँ किस तरह छिपाकर रखा जाय? यदि ये छिपाये जा सकें तब तो ठीक है, नहीं तो सदा प्राणसङ्कट बना रहेगा ॥ ५९–६१ ॥ ऐसा कहकर उषा अपने प्रियतमके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ महलके एकान्त प्रदेशमें चली गयी और भयभीत भावसे वहाँ बैठी ॥ ६२ ॥ उसकी घबड़ाहट देखकर चित्रलेखा बोली—सखी ! पुरुषार्थसे प्राणी विधिके विधानका भी अतिक्रमण कर सकता है ॥ ६३ ॥ फिर भी यदि भगवती पार्वतीकी तुमपर कृपा होगी तो इस बातको कोई न जान पायेगा ॥ ६४ ॥ सखी चित्रलेखाके ऐसा कहनेपर उषाका मन शान्त हुआ । तत्पश्चात् अनिरुद्धको लक्ष्य करके वह बोली——॥ ६५ ॥ इतने दिनोंसे मैं जिस दुर्लभ प्रियजनकी प्राप्तिके लिए दुःसह कष्ट भोग रही थी, भाग्यवश आज मैं अपने चितचोरको सम्मुख देख रही हूँ ॥ ६६ ॥ हे महाबाहो ! आप तो सर्वथा सकुशल हैं ? स्त्रियोंका हृदय बहुत कोमल होता है । इसी कारण मैं ऐसे स्पष्ट शब्दोंमें आपका कुशल-क्षेम पूछ रही हूँ ॥ ६७ ॥ उषाके मधुर तथा अर्थभरे वचन सुनकर मुसकाते हुए यदुशार्दूल अनिरुद्धने उसके आँसू पोंछे और कहा——हे मितभाषिणो ! तुम्हारे अनुग्रहसे सब कुशल है । जन्मसे लेकर आजतक मैंने

चित्रलेखाऽब्रवीद्वाक्यं शृणु त्वं निश्चयं सखि ॥ कृतं पुरुषकारेण दैवं नाशयते सखि ॥ ६३ ॥ यदि देव्याः प्रसादस्ते ह्यनुकूलो भविष्यति ॥ अद्य मायाकृतं गुह्यं न कश्चिज्ज्ञास्यते नरः ॥६४॥ सख्या वै एवमुक्ता सा पर्यवस्थितचेतना ॥ एवमेतदिति प्राह साऽनिरुद्धमिदं वचः ॥६५॥ दिष्ट्या स्वप्नगतश्चौरो दृश्यते सुभगः पतिः ॥ यत्कृते तु वयं खिन्ना दुर्लभप्रियकाङ्क्षया ॥ ६६ ॥ कच्चित्तत्र महाबाहो कुशलं सर्वतोगतम् ॥ हृदयं हि मृदु स्त्रीणां तेन पृच्छाम्यहं तव ॥ ६७ ॥ तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा उषायाः श्लक्ष्णमर्थवत् ॥ सोऽप्याह यदुशार्दूलः शुभाक्षरतरं वचः ॥ हर्षविप्लुतनेत्रायाः पाणिनाऽश्रु प्रमृज्य च ॥६८॥ प्रहस्य सस्मितं प्राह हृदयग्राहकं वचः ॥ कुशलं मे वरारोहे सर्वत्र मितभाषिणि ॥ ६९ ॥ त्वत्प्रसादेन मे देवि प्रियमावेदयामि ते ॥ अदृष्टपूर्वश्च मया देशोऽयं शुभदर्शने ॥ ७० ॥ निशि स्वप्नो यथा दृष्टः सकृत्कन्यापुरे तथा ॥ एवमेवमहं भीरु त्वत्प्रसादादिहागतः ॥ ७१ ॥ न च तद्रुद्रपत्न्या वै मिथ्या वाक्यं भविष्यति ॥ देव्यास्ते प्रीतिमाज्ञाय त्वत्प्रियार्थं च भामिनि ॥ ७२ ॥ अनुप्राप्तोऽस्मि चाद्यैव प्रसीद शरणं गतः ॥ इत्युक्ता त्वरमाणा सा गुह्यदेशे स्वलंकृता ॥७३॥ कान्तेन सह संयुक्ता स्थिता वै भीतभीतवत् ॥ ततश्चोद्वाहधर्मेण गान्धर्वेण समीयतुः ॥ ७४ ॥ अन्योन्यं रमतुस्तौ तु चक्रवाकौ यथा दिवा ॥ पतिना साऽनिरुद्धेन मुमुदे तु वराङ्गना ॥ ७५ ॥ कान्तेन सह संयुक्ता दिव्यवस्त्रानुलेपना ॥ रममाणानिरुद्धेन अविज्ञाता सुता तदा ॥ ७६ ॥ तस्मिन्नेव क्षणे प्राप्ते यदूनामृषभो हि सः ॥ दिव्यमाल्याम्बरधरो दिव्यस्र-

कभी यह देश नहीं देखा था ॥ ६८–६९ ॥ एक रोज रात्रिमें स्वप्नके समय केवल तुम्हारा दर्शन मिला था । इस समय भगवती पार्वतीकी कृपासे तुम्हारा प्रिय कार्य सम्पन्न करनेके लिए मैं यहाँ आ उपस्थित हुआ हूँ । मुझे पूर्ण विश्वास है कि भवानीका वरदान कभी मिथ्या नहीं हो सकता । अतएव हे सुमुखि ! अब तुम मुझ शरणागत प्राणीपर प्रसन्न होओ । तदनन्तर भयभीत चित्तसे उषा अपने प्रियतमको लेकर एकान्त स्थानमें चली गयी और वहाँ उन दोनोंका विधिवत् गान्धर्व विवाह सम्पन्न हो गया ॥ ७०–७४ ॥ तदनन्तर उषा और अनिरुद्ध चकई-चकवाके समान दिवाविहार करते हुए सुखसे समय बिताने लगे ॥ ७५ ॥ दिव्य वस्त्रानुलेपनधारिणी उषा अनिरुद्धके साथ इस तरह तन्मयभावसे रमण करने लगी कि उसे बीतते हुए समयका कुछ ज्ञान ही नहीं रहा ॥ ७६ ॥ कुछ समय बाद एक दिन जब अनिरुद्ध दिव्य वस्त्र पहन तथा दिव्य अनुलेपनसे विभूषित होकर उषाके पास गये,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसी समय अन्तःपुरके रक्षकोंको यह भेद मालूम हो गया। बस, तत्काल उन्होंने जाकर दैत्यपति बाणासुरको जैसा देखा था, सो समस्त वृत्तान्त कह सुनाया। जैसे ही दैत्यराज बाणासुरको यह समाचार मिला, तत्काल उसने अपने सेवकोंको आज्ञा दी कि तुमलोग शीघ्र जाकर उस दुष्टको मार डालो ॥ ७७–८० ॥ जिस पापीने मेरे कुलको दूषित किया है, उसके साथ पूर्ण निर्दयताका व्यवहार होना चाहिए। उषाके दूषित होनेसे मेरा सारा कुल दूषित हो गया ॥ ८१ ॥ मैंने उसे कन्यादान नहीं दिया, फिर भी उस दुष्टने ऐसा गर्हित कर्म करके मेरी प्रतिष्ठापर आक्रमण किया है। ओह! उस दुरात्मामें कितना साहस, कितनी धृष्टता और कितनी मूर्खता है। आखिर उस पाखण्डीको मेरे अन्तःपुरमें घुसनेका साहस ही कैसे हुआ? अच्छा, तुमलोग अभी जाओ और उग्र पापीको यमपुर भेज दो ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ हे महाराज! सैनिक राजाज्ञा पाते ही सुसज्जित होकर अनिरुद्धका

गनुलेपनः ॥ ७७ ॥ उषया सह संयुक्तो विज्ञातो बाणरक्षिभिः ॥ ततस्तैश्चारपुरुषैर्बाणस्यावेदितं द्रुतम् ॥ ७८ ॥ यथा दृष्टमशेषेण कन्यायास्तद-
तिक्रमम् ॥ ततः किङ्करसैन्यं तु व्यादिष्टं भीमकर्मणा ॥ ७९ ॥ बलेः पुत्रेण वीरेण बाणेनामित्रघातिना ॥ गच्छध्वं सहिताः सर्वे हन्यतामेव दुर्मतिः
॥८०॥ येन नः कुलचारित्रं दूषितं दूषितात्मना ॥ उषायां धर्षितायां हि कुलं नो धर्षितं महत् ॥८१॥ असंप्रदत्तां योऽस्माभिः स्वयंग्राहमधर्षयत् ॥
अहो वीर्यमहो धैर्यमहो धाष्टर्यं च दुर्मतेः ॥८२॥ यः पुरं भवनं चेदं प्रविष्टो नः स बालिशः ॥ एवमुक्त्वा पुनस्तांस्तु किङ्करांश्चोदयद्भृशम् ॥८३॥
ते तस्याज्ञामथो गृह्य सुसंनद्धा विनिर्ययुः ॥ यत्रानिरुद्धो ह्यभवत्तत्रागच्छन्महाबलाः ॥ ८४ ॥ नानाशस्त्रोद्यतकरा नानारूपा भयङ्कराः ॥ दानवाः
समभिक्रुद्धा प्राद्युम्निवधकांक्षिणः ॥ ८५ ॥ रुरोद तद्बलं दृष्ट्वा बाष्पेणावृतलोचना ॥ प्राद्युम्निवधभीता सा बाणपुत्री यशस्विनी ॥ ८६ ॥ ततस्तु
रुदतीं दृष्ट्वा तां सुतां मृगलोचनाम् ॥ हा हा कान्तेति वेपन्तीमनिरुद्धोऽभ्यभाषत ॥ ८७ ॥ अभयं तेऽस्तु सुश्रोणि मा भैस्त्वं हि मयि स्थिते ॥
संप्राप्तो हर्षकालस्ते नेहास्ति भयकारणम् ॥ ८८ ॥ कृत्स्नोऽयं यदि बाणस्य भृत्यवर्गो यशस्विनि ॥ आगच्छति न मे चिन्ता भीरु पश्याद्य विक्र-
मम् ॥ ८९ ॥ तस्य सैन्यस्य निनदं श्रुत्वाऽभ्यागच्छतस्ततः ॥ सहसैवोत्थितः श्रीमान्प्राद्युम्निः किमिति ब्रुवन् ॥ ९० ॥ अथ सोऽपश्यत बलं
नानाप्रहरणोद्यतम् ॥ स्थितं समंततस्तत्र परिवार्य गृहं महत् ॥ ९१ ॥ ततोऽभ्यगच्छत्त्वरितो यत्र तद्वेष्टितं बलम् ॥ क्रुद्धः स्वबलमास्थाय अद-

वध करनेके लिए अन्तःपुरकी ओर दौड़ पड़े ॥ ८४ ॥ उन सबके हाथोंमें नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र थे और उनका स्वरूप बहुत ही भीषण था ॥ ८५ ॥ सेनाको आती देखकर यशस्विनी बाणपुत्री उषाके नेत्रोंमें आँसू उमड़ आये और अनिरुद्धके वधके भयवश वह रोने लगी ॥ ८६ ॥ उस मृगनयनीको 'हा कान्त' कहकर रोती तथा काँपती देखकर अनिरुद्धने कहा—॥ ८७ ॥ हे सुश्रोणि! मेरे रहते तुम किसी बातके लिए मत डरो। इस समय तो शंकाके स्थानपर तुम्हें आनन्द मनाना चाहिए ॥ ८८ ॥ यदि बाणासुर अपनी समस्त सेना भेज दे। फिर भी मुझे कुछ भय नहीं है। अब तुम मेरा पराक्रम देखो ॥ ८९ ॥ हे महाराज! अनिरुद्ध राक्षसी सेनाका ...ाहल सुनकर 'क्या है-क्या है?' कहते हुए सहसा उठ खड़े हुए ॥ ९० ॥ दूरतक दृष्टि दौड़ाकर उन्होंने देखा कि विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित विशाल राक्षसी सेनाने उनका घर घेर लिया है ॥ ९१ ॥ तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे बड़े वेगके साथ उस ओर बढ़े, जहाँ उस विकराल सेनाका जमावड़ा था। उस समय वे क्रुद्ध थे और इस क्रोधके कारण उनमें शक्तिका पूर्ण संचार हो गया था ॥ ९२ ॥ हे महाराज! तदनन्तर अनिरुद्ध युद्धके लिए अग्रसर हुए। उधर युद्धार्थ सन्नद्ध बाणपुत्रोंको देखकर चित्रलेखाने देवताओं सदृश पुण्यदर्शन देवर्षि नारदका स्मरण किया ॥ ९३ ॥ स्मरण करते ही निमेष भरमें मुनिराज वहाँ आ पहुँचे ॥ ९४ ॥ अन्तरिक्षसे ही उन्होंने अनिरुद्धको सम्बोधित करके कहा—हे वीर! तुम भय मत करो। मैं आ गया हूँ ॥ ९५ ॥ तब प्रद्युम्नतनय अनिरुद्धने उनको बड़े आह्लादके साथ प्रणाम किया और युद्धके लिए प्रस्तुत हो गये ॥ ९६ ॥ उन दैत्योंको भीषण गर्जन करके अपनी ओर आते देखकर वे अंकुशके प्रहारसे क्रुद्ध गजराजके समान बड़े वेगसे उस दानवी सेनापर झपटे ॥ ९७ ॥ क्रोधसे होंठ चबाते हुए अनिरुद्धको प्रासादसे उतरते तथा अपनी ओर आते देखकर दैत्यसेनामें खलबली मच गयी और वे भागने

शद्दशनच्छदम् ॥ ९२ ॥ ततो योद्धुमपोढानां बाणेयानां निशम्य तु ॥ सा चित्रलेखाऽस्मरत नारदं देवदर्शनम् ॥ ९३ ॥ ततो निमेषमात्रेण संप्राप्तो
मुनिपुङ्गवः ॥ स्मृतोऽथ चित्रलेखायाः पुरं शोणितसाह्वयम् ॥ ९४ ॥ अन्तरिक्षे स्थितस्तत्र सोऽनिरुद्धमथाब्रवीत् ॥ मा भयं स्वस्ति ते वीर
प्राप्तोऽस्म्यद्य पुरं तव ॥ ९५ ॥ ततश्च नारदं दृष्ट्वा सोऽभिवाद्य महाबलः ॥ प्रहृष्टमानसो भूत्वा युद्धार्थमभ्यवर्तत ॥ ९६ ॥ ततस्तेषां स्वनं श्रुत्वा
सर्वेषामेव गर्जताम् ॥ सहसैवोत्थितः शूरस्तोत्रार्दित इव द्विपः ॥ ९७ ॥ तमापतन्तं संप्रेक्ष्य संदष्टौष्ठं महाभुजम् ॥ प्रासादाच्चावरोहन्तं भयार्ता विप्र-
दुद्रुवुः ॥ ९८ ॥ अन्तःपुरद्वारगतं परिघं गृह्य चातुलम् ॥ वधाय तेषां चिक्षेप नानायुद्धविशारदः ॥ ९९ ॥ ते सर्वे बाणवर्षैश्च गदाभिर्मुसलैस्तथा ॥
असिभिः शक्तिभिः शूलैर्निजघ्नू रणगोचरे ॥ १०० ॥ स हन्यमानो नाराचैः परिघैश्च समन्ततः ॥ दानवैः समतिक्रुद्धैः प्राद्युम्निः शस्त्रकोविदैः
॥ १०१ ॥ नाक्षुभ्यत्सर्वभूतात्मा नदन्मेघ इवोष्णगे ॥ आविध्य परिघं घोरं तेषां मध्ये व्यतिष्ठत ॥ सूर्यो दिवि चरन्मध्ये मेघानामिव सर्वशः
॥ १०२ ॥ दण्डकृष्णाजिनधरो नारदो हृष्टमानसः ॥ साधु साध्विति वै तत्र सोऽनिरुद्धमभाषत ॥ १०३ ॥ ते हन्यमाना रौद्रेण परिघेणामितौ-
जसा ॥ प्राद्रवन्त भयात्सर्वे मेघा वातेरिता यथा ॥ १०४ ॥ विद्राव्य दानवान्वीरः परिघेण सुविक्रमः ॥ अनिरुद्धो रणे हृष्टः सिंहनादं ननाद च

लगे ॥ ९८ ॥ तत्काल अनिरुद्धने अन्तःपुरके द्वारपर स्थित भीषण अर्गलको हाथमें ले लिया और उसीसे उन दैत्योंपर प्रहार कर दिया ॥ ९९ ॥ वे दैत्य भी उनपर बाण, मुसल, गदा, खड्ग, शक्ति तथा शूल आदि विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे प्रहार करने लगे ॥ १०० ॥ अस्त्रविशारद दानवगण क्रोधपूर्वक चारों ओरसे उनपर बाण और परिघ आदि शस्त्रोंकी वर्षा कर रहे थे, किन्तु प्रद्युम्नतनय अनिरुद्ध इससे तनिक भी कातर नहीं हुए। वे अपने भयानक परिघको हाथमें लिये हुए ग्रीष्मकालीन मेघके समान घोर गर्जन करते हुए उस सेनाके मध्यमें विचर रहे थे ॥ १०१ ॥ १०२ ॥ उस समय दण्ड तथा कृष्णमृगचर्मधारी देवर्षि नारद साधु-साधु कहकर उनकी सराहना करने लगे ॥ १०३ ॥ उधर दानवगण अनिरुद्धके भीषण परिघप्रहारसे पीड़ित होकर पवनपरिचालित मेघके समान चारों ओर छितरा गये ॥ १०४ ॥ परम पराक्रमी अनिरुद्ध अकेले परिघके प्रहारसे उन दैत्योंको भगाकर प्रसन्नतापूर्वक रणभूमिमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खड़े खड़े सिंहगर्जन करने लगे ॥ १०५ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो वर्षाकालके मेघ गर्जन कर रहे हैं। तदनन्तर उन्होंने दैत्योंको 'ठहर जाओ' ऐसा कहकर फिर उनपर भीषण प्रहार आरम्भ कर दिया। उस महात्माकी मारसे व्याकुल होकर मारे भयके भागते हुए वे दैत्यसैनिक दैत्यराज बाणासुरके पास जा पहुँचे। वहाँ पहुँचनेपर भी उन्हें चैन नहीं मिली। उनका शरीर रुधिरसे लतपथ था और वे चकित नयनोंसे इधर-उधर निहारते हुए दीर्घ निःश्वास ले रहे थे। तब दैत्यराज बाणासुरने कहा—सैनिकों! तुमलोग मत डरो। अपने मनसे शंका दूर करके सब एक साथ युद्धमें तत्पर हो जाओ। अपने लोकविख्यात यशपर पानी फेरकर तुमलोग नपुंसकोंके समान इस तरह व्याकुल क्यों हो रहे हो? ॥ १०६-१११ ॥ और फिर तुमलोग किससे भयभीत होकर भाग रहे हो? तुम विविध युद्धकलाओंके पारदर्शी होते हुए भी अपने कुलको क्यों कलंकित करते हो? ॥ ११२ ॥ यदि तुमने युद्धमें पीठ

॥ १०५ ॥ घर्मान्ते तोयदो व्योम्नि नदन्निव महास्वनः ॥ तिष्ठध्वमिति चुक्रोश दानवान् युद्धदुर्मदान् ॥ १०६ ॥ प्राद्युम्निर्व्यहनच्चापि सर्वाञ्छत्रु-
निबर्हणः ॥ तेन ते समरे सर्वे हन्यमाना महात्मना ॥ १०७ ॥ यतो बाणस्ततो भीता ययुर्युद्धपराङ्मुखाः ॥ ततो बाणसमीपस्थाः श्वसन्तो
रुधिरोक्षिताः ॥ १०८ ॥ न शर्म लेभिरे दैत्या भयविक्लवचेतसः ॥ मा भैष्ट मा भैष्ट इति राज्ञा ते तेन चोदिताः ॥१०९॥ त्रासमुत्सृज्य चैकस्था
युध्यध्वं दानवर्षभाः ॥ तानुवाच पुनर्बाणो भयवित्रस्तलोचनान् ॥ ११० ॥ किमिदं लोकविख्यातं यश उत्सृज्य दूरतः ॥ भवन्तो यांति वैक्लव्यं
क्लीबा इव विचेतसः ॥ १११ ॥ कोऽयं यस्य भयत्रस्ता भवन्तो यान्त्यनेकशः ॥ कुलापदेशिनः सर्वे नानायुद्धविशारदाः ॥ ११२ ॥ भवद्भिर्न
हि मे कार्यं युद्धसाहाय्यमद्य वै ॥ अब्रवीद्ध्वंसतेत्येवं मत्समीपाच्च नश्यत ॥ ११३ ॥ अथ तान्वाग्भिरुग्राभिस्त्रासयन्बहुधा बली ॥ व्यादिदेश रणे
शूरानन्यानयुतशः पुनः ॥ ११४ ॥ प्रमाथगणभूयिष्ठं व्यादिष्टं तस्य निग्रहे ॥ अनीकं सुमहारौद्रं नानाप्रहरणोद्यतम् ॥ ११५ ॥ अथान्तरिक्षं
बहुधा विद्युद्भिरिवाम्बुदैः ॥ बाणानीकैः समभवद्व्याप्तं संदीप्तलोचनैः ॥ ११६ ॥ केचित्क्षितिस्थाः प्राक्रोशन्गजा इव समन्ततः ॥ अन्तरिक्षे
व्यराजन्त घर्मान्त इव तोयदाः ॥ ११७ ॥ ततस्तत्सुमहत्सैन्यं समेतमभवत्पुनः ॥ तिष्ठ तिष्ठेति च तदा वाचोऽश्रूयन्त सर्वशः ॥ ११८ ॥
अनिरुद्धो रणे वीरः स च तानभ्यवर्तत ॥ तदाश्चर्यं समभवद्यदेकस्तु समागतः ॥ ११९ ॥ अयुध्यत महावीर्यैर्दानवैः सह संयुगे ॥ तेषामेव च

दिखलाना ही स्थिर कर लिया हो तो मुझे तुम्हारी सहायताका कोई प्रयोजन नहीं है। जाओ, अभी मेरे सम्मुखसे दूर हट जाओ ॥ ११३ ॥ दानवराज बाणासुरने इस प्रकार उन दैत्य-सैनिकोंको कठोर कटूक्तियोंसे तिरस्कृत करके अन्यान्य बलवान् हजारों सैनिकोंको समरभूमिमें जानेका आदेश दिया ॥ ११४ ॥ उस टुकड़ीके सैनिक बड़े भयानक थे और उनके हाथोंमें विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र विद्यमान थे ॥ ११५ ॥ विद्युद्विभासित मेघके समान बाणासुरकी सेनाके लाल नेत्रोंवाले सैनिकोंसे समस्त नभमण्डल आच्छन्न हो गया ॥ ११६ ॥ उनमेंसे कुछ दैत्य पृथिवीपर खड़े होकर मत्त मातंगकी तरह चीत्कार करने और कुछ आकाशमें जाकर वर्षाकालीन जलधरोंके समान गर्जन करने लगे ॥११७॥ इस प्रकार समस्त सेना एकत्रित होकर बड़ी भयानक दीख रही थी। चारों ओर 'खड़े रहो—खड़े रहो' के सिवाय और कोई भी वाक्य नहीं सुनाई देता था ॥ ११८ ॥ उस समय परम वीर अनिरुद्धने अकेले ही उस दैत्य-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सेनापर आक्रमण कर दिया। इस प्रकार महाबली और परम पराक्रमी दैत्यसेनाके साथ अनिरुद्धको अकेले लड़ते देखकर लोगोंको बहुत आश्चर्य हुआ ॥ ११९ ॥ वे उन दैत्योंके हाथसे ही परिघ-तोमर आदि शस्त्रास्त्र छीनकर उन्हींसे उनपर प्रहार करते हुए धराशायी करने लगे। तदनन्तर परिघ लेकर भ्रान्त, उद्भ्रान्त, आविद्ध, आप्लुत, विप्लुत और प्लुत प्रभृति बत्तीस प्रकारके युद्धसम्बन्धी पैतरे बदलते हुए वे विचरने लगे, जिससे अकेले होकर भी हजारों अनिरुद्ध विचरते मालूम पड़े॥१२०–१२३॥ मुँह बाये हुए कालके समान वे समरभूमिमें विचर रहे थे। उस समय दानवी सेना नितान्त निपीड़ित हो जानेके कारण रुधिरसे नहाकर चारों ओर भागने लगी। गजारोही, अश्वारोही और रथी सब प्रकारके दानव सैनिक आर्त स्वरसे चीत्कार करते हुए भाग रहे थे। भयभीत होनेके कारण वे परस्पर एक दूसरेपर रुधिर वमन करते हुए पलायन करते थे। अनिरुद्धके साथ युद्धमें दैत्य जितने भयभीत हुए, उतने कातर देवासुर-

जग्राह परिघांस्तोमरानपि ॥ १२० ॥ तैरेव च तदा युद्धे ताञ्जघान महाबलः ॥ पुनः परिघमुत्सृज्य प्रगृह्य रणमूर्द्धनि ॥ १२१ ॥ स तेन विचरन्मार्गानेकः शत्रुनिबर्हणः ॥ भ्रान्तमुद्भ्रांतमाविद्धमाप्लुतं विप्लुतं प्लुतम् ॥ १२२ ॥ इति प्रकारान्द्वात्रिंशद्विचरन्नाभ्यदृश्यत ॥ एकं सहस्रशश्चात्र ददृशू रणमूर्धनि ॥ १२३ ॥ क्रीडन्तं बहुधा युद्धे व्यादितास्यमिवान्तकम् ॥ ततस्तेनाभिसन्तप्ता रुधिरौघपरिप्लुताः ॥ १२४ ॥ पुनर्भग्नाः प्राद्रवन्त यत्र बाणो व्यवस्थितः ॥ गजवाजिरथौघैस्ते चोह्यमानाः समन्ततः ॥ १२५ ॥ कृत्वा चार्तस्वरं घोरं दिशो जग्मुर्हतौजसः ॥ एकैकस्योपरि तदा तेऽन्योन्यं भयपीडिताः ॥ १२६ ॥ वमन्तः शोणितं जग्मुर्विषादाद्विमुखा रणे ॥ न बभूव पुरा देवैर्युध्यतां तादृशं भयम् ॥ १२७ ॥ यादृशं युध्यमानानामनिरुद्धेन संयुगे ॥ केचिद्वमन्तो रुधिरं ह्यपतन् वसुधातले ॥ १२८ ॥ दानवा गिरिशृङ्गाभा गदाशूलासिपाणयः ॥ ते बाणमुत्सृज्य रणे जग्मुर्भयसमाकुलाः ॥ १२९ ॥ विशालमाकाशतलं दानवा निर्जितास्तदा ॥ निःशेषभग्नां महतीं दृष्ट्वा तां वाहिनीं तदा ॥ १३० ॥ बाणः क्रोधात्प्रजज्वाल समिद्धोऽग्निरिवाध्वरे ॥ अन्तरिक्षचरो भूत्वा साधुवादी समन्ततः ॥ १३१ ॥ नारदो नृत्यति प्रीतो ह्यनिरुद्धस्य संयुगे ॥ एतस्मिन्नन्तरे चैव बाणः परमकोपनः ॥ १३२ ॥ कुम्भाण्डसंगृहीतं तु रथमास्थाय वीर्यवान् ॥ ययौ यत्रानिरुद्धो वै उद्यतासी रथे स्थितः ॥१३३॥ पट्टिशासिगदाशूलमुद्यम्य च परश्वधान् ॥ बभौ बाहुसहस्रेण शक्रो ध्वजशतैरिव ॥ १३४ ॥ बद्धगोधांगुलित्रैश्च बाहुभिः स महाभुजः ॥ नाना-

संग्राममें भी नहीं हुए थे ॥ १२४–१२७ ॥ यहाँ तक कि वे भयवश परस्पर एक दूसरेपर गिरने लगे। कुछ दैत्य मुखसे रुधिर वमन करते हुए धरतीपर लोट गये ॥ १२८ ॥ गदा, शूल और खड्गधारी वे गिरिशिखरके समान भीषण दानव बाणासुरको त्यागकर भयवश आकाशमार्गसे पलायन करने लगे। अपनी सेनाको इस प्रकार समरपराङ्मुख देखकर दैत्यराज बाणासुर आहुतिप्राप्त अग्निके समान क्रोधसे लाल हो उठा। उधर अन्तरिक्षमें स्थित नारद अनिरुद्धका युद्धकौशल देख-देखकर मारे खुशीके उन्हें अनेकानेक धन्यवाद देते हुए नाच रहे थे। उसी समय परम कुपित बाणासुर कुम्भाण्ड द्वारा परिचालित रथपर सवार होकर उस ओर चला, जहाँ अनिरुद्ध तलवार लेकर खड़े थे ॥ १२९–१३३ ॥ जब बाणासुरने अपनी हजारों भुजाओंमें पट्टिश, असि, गदा, शूल और परश्वध प्रभृति शस्त्रास्त्रोंको धारण किया, उस समय वह ध्वजभूषित देवराज इन्द्रके समान शोभित हुआ ॥ १३४ ॥ फलतः

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसकी प्रत्येक भुजामें अस्त्र और अङ्गुलित्र विद्यमान रहनेके कारण उसकी एक विचित्र प्रकारकी दीप्ति जगमगा उठी ॥ १३५ ॥ अब बाणासुरने भीषण सिंहनाद करके धनुषपर डोरी चढ़ायी और रोषारुण नेत्रोंसे निहारते हुए अनिरुद्धसे 'खड़े रहो' कहकर भयंकर चीत्कार किया ॥ १३६ ॥ प्रद्युम्नतनय उसका वचन सुन तथा रणभूमिमें उसे खड़े देखकर हँसने लगे ॥१३७॥ दैत्यराज बाणासुरके रथका विस्तार दस नल्व (चार हजार हाथ) था । उसपर रीछका चमड़ा मढ़ा था । चारों ओर किंकिणी बँधी थी । उसकी समस्त ध्वजा-पताकायें रक्तवर्णकी थीं ॥ १३८ ॥ पूर्वकालमें देवासुरसंग्रामके अवसरपर हिरण्यकशिपुके रथमें जैसे घोड़े जुते हुए थे, वैसे ही घोड़े इस समय बाणासुरके रथमें भी जुते थे ॥१३९॥ अनिरुद्ध उसे आते देखकर बहुत प्रसन्न हुए और पराक्रमके आवेगसे उनका सारा शरीर फड़कने लगा ॥ १४० ॥ पूर्वकालमें हिरण्यकशिपुका वध करनेके लिए उद्यत नृसिंह भगवान जिस तरह

प्रहरणोपेतः शुशुभे दानवोत्तमः ॥ १३५ ॥ सिंहनादं नदन्क्रुद्धो विस्फारितमहाधनुः ॥ अब्रवीत्तिष्ठ तिष्ठेति क्रोधसंरक्तलोचनः ॥ १३६ ॥ वचनं तस्य संश्रुत्य प्राद्युम्निरपराजितः ॥ बाणस्य वदनं संख्ये समुद्वीक्ष्य ततोऽहसत् ॥ १३७ ॥ किङ्किणीशतनिर्घोषं रक्तध्वजपताकिनम् ॥ ऋष्यचर्मावनद्धाङ्गं दशनल्वं महारथम् ॥ १३८ ॥ तस्य वाजिसहस्रं तु रथे युक्तं महात्मनः ॥ पुरा देवासुरे युद्धे हिरण्यकशिपोरिव ॥ १३९ ॥ तमापतन्तं ददृशे दानवं यदुपुङ्गवः ॥ संप्रहृष्टस्ततो युद्धे तेजसा चाप्यपूर्यत ॥ १४० ॥ असिचर्मधरो वीरः स्वस्थः संग्रामलालसः ॥ नरसिंहो यथा पूर्वमादिदैत्यवधोद्यतः ॥ १४१ ॥ आपतन्तं ददर्शाथ खड्गचर्मधरं तदा ॥ खड्गचर्मधरं तं तु दृष्ट्वा बाणः पदातिनम् ॥ १४२ ॥ प्रहर्षमतुलं लेभे प्राद्युम्निवधकाङ्क्षया ॥ तनुत्रेण विहीनश्च खड्गपाणिश्च यादवः ॥ १४३ ॥ अजेय इति तं मत्वा युद्धायाभिमुखः स्थितः ॥ अनिरुद्धं रणे बाणो जितकाशी महाबलः ॥ १४४ ॥ वाचं चोवाच संक्रुद्धो गृह्यतां हन्यतामिति ॥ वाचं च ब्रुवतस्तस्य श्रुत्वा प्राद्युम्निराहवे ॥ १४५ ॥ बाणस्य ब्रुवतः क्रोधाद्धसमानोऽभ्युदैक्षत ॥ उषां भयपरित्रस्तां रुदतीं तत्र भामिनीम् ॥ १४६ ॥ अनिरुद्धः प्रहस्याथ समाश्वास्य च तां स्थितः ॥ अथ बाणः शरौघाणां क्षुद्रकाणां समन्ततः ॥१४७॥ चिक्षेप समरे क्रुद्धो ह्यनिरुद्धवधेप्सया ॥ अनिरुद्धस्तु चिच्छेद काङ्क्षंस्तस्य पराजयम् ॥ १४८ ॥ ववर्ष शरजालानि क्षुद्रकाणां समन्ततः ॥ बाणोऽनिरुद्धशिरसि काङ्क्षंस्तस्य रणे वधम् ॥ १४९ ॥ ततो बाणसहस्राणि चर्मणा व्यवधूय सः ॥ बभौ प्रमुखतस्तस्य

संग्रामकी लालसासे असि-चर्म धारण करके उसके सम्मुख खड़े हुए थे, अनिरुद्ध भी उसी प्रकार बाणासुरके सम्मुख जा डटे ॥ १४१ ॥ तदनन्तर बाणासुर अनिरुद्धको पैदल तथा कवचहीन शरीर होते हुए भी ढाल-तलवार लेकर अपनी ओर आते देख स्वयं भी युद्धके लिए उनकी तरफ बढ़ा ॥ १४२ ॥ प्रद्युम्नकुमारके वधकी आकांक्षावश वह उन्हें साधारण स्थितिमें देखकर बहुत प्रसन्न हुआ ॥१४३॥ बाणासुर अनिरुद्धको अजेय समझकर भी जीतनेका हौसला करते हुए बड़े क्रोधके साथ 'पकड़ लो—मार डालो' कहकर हल्ला मचाने लगा । जब वह दैत्य इस प्रकार बड़बड़ा रहा था, तब प्रद्युम्नकुमार खड़े हँस रहे थे । उस समयकी स्थिति देखकर उषा भयभीत होकर रुदन करने लगी । तब अनिरुद्धने हँसकर उसे आश्वासन दिया और युद्धके लिए तनकर खड़े हो गये । तदनन्तर बाणासुरने उनका वध करनेके लिए चारों ओरसे क्षुद्रक बाणोंकी वर्षा आरम्भ कर दी ॥१४४–१४७॥ अनिरुद्धने भी उसे पराजित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेके विचारसे उसके सभी बाणोंको काट डाला और स्वयं भी उसपर क्षुद्रक बाणोंकी वर्षा करने लगे। बाणासुरने अपनी ढालसे बाणोंका निवारण करके उनका विनाश करनेके लिए उदयोन्मुख सूर्यके सदृश उनके सम्मुख खड़ा हो गया ॥१४८–१५०॥ अनिरुद्ध भी जैसे हाथीको देखकर सिंह खड़ा हो जाय, उसी प्रकार बाणासुरके समक्ष खड़े हो गये ॥१५१॥ तदनन्तर बाणासुर मर्मभेदी बाणोंसे उन्हें बींधने लगा। बाणोंके लगते ही अनिरुद्ध ढाल-तलवार लेकर उसकी ओर झपटे। उन्हें अपनी तरफ आते देखकर बाणासुरने भी अपने तीक्ष्ण बाणोंसे बींधना आरम्भ कर दिया ॥ १५२ ॥ १५३ ॥ उस सन्नतपर्व बाणोंसे आहत होकर प्रद्युम्न मारे क्रोधके लाल हो गये और उसे सर्वथा नष्ट कर देनेके विचारसे आगे बढ़े। उस समय उनका सारा शरीर रुधिरसे भींग गया था ॥१५४॥१५५॥ अब दैत्यराज बाण उनपर मुसल, शूल, पट्टिश, तोमर तथा तीक्ष्ण बाणोंकी बौछार करके बींधने लगा। फिर भी प्रद्युम्न ज्योंके

स्थितः सूर्य इवोदये ॥ १५० ॥ सोऽभिभूय रणे बाणमास्थितो यदुनन्दनः ॥ सिंहप्रमुखतो दृष्ट्वा गजमेकं यथा वने ॥ १५१ ॥ ततो बाणः स
बाणौघैर्मर्मभेदिभिराशुगैः ॥ विव्याध निशितैस्तीक्ष्णैः प्राद्युम्निमपराजितम् ॥१५२॥ समाहतस्ततो बाणैः खड्गचर्मधरोऽपतत् ॥ तमापतन्तं निशि-
तैरभ्यघ्नन्सायकैस्तथा ॥ १५३ ॥ सोऽतिविद्धो महाबाहुर्बाणैः सन्नतपर्वभिः ॥ क्रोधेनाभिजज्वाल चिकीर्षुः कर्म दुष्करम् ॥ १५४ ॥ रुधिरौघप्लु-
तैर्गात्रैर्बाणवर्षैः समाहितः ॥ अभिभूतः सुसंक्रुद्धो ययौ बाणरथं प्रति ॥ १५५ ॥ असिभिर्मुसलैः शूलैः पट्टिशैस्तोमरैस्तथा ॥ सोऽतिविद्धः शरौ-
घैश्च प्राद्युम्निर्न व्यकम्पत ॥ १५६ ॥ आप्लुत्य सहसा क्रुद्धो रथेषां तस्य सोऽच्छिनत् ॥ जघान चाश्वान्खड्गेन बाणस्य रणमूर्द्धनि ॥ १५७ ॥ तं
पुनः शरवर्षेण पट्टिशैस्तोमरैरपि ॥ चकारान्तर्हितं बाणो युद्धमार्गविशारदः ॥ १५८ ॥ हतोऽयमिति विज्ञाय प्राणदन्नैर्ऋता गणाः ॥ ततोऽव-
प्लुत्य सहसा रथपार्श्वे व्यवस्थितः ॥१५९॥ शक्तिं बाणस्ततः क्रुद्धो घोररूपां भयानकाम् ॥ जग्राह ज्वलितां घोरां घण्टामालाकुलां रणे ॥१६०॥
ज्वलनादित्यसंकाशां यमदण्डोग्रदर्शनाम् ॥ प्राहिणोत्तामसङ्गेन महोल्कां ज्वलितामिव ॥ १६१ ॥ तामापतन्तीं संप्रेक्ष्य जीवितान्तकरीं तदा ॥
सोऽभिलुप्त्य तदा शक्तिं जग्राह पुरुषोत्तमः ॥ १६२ ॥ निर्बिभेद ततो बाणं तया शक्त्या महाबलः ॥ सा भित्त्वा तस्य देहं वै प्राविशद्धरणीत-

त्यों अपनी जगह खड़े रहे ॥१५६॥ बल्कि अवसर पाकर बड़े क्रोधके साथ उछले और अपने खड्गसे उन्होंने बाणासुरके रथकी डोर काट दी और घोड़ोंको यमपुरी भेज दिया ॥१५७॥ तब रणनिपुण बाणासुरने फिर तोमर-पट्टिश और बाणोंकी वर्षा करके उन्हें छोप लिया ॥१५८॥ अब उन्हें मरा समझकर बाणासुर और उसकी सेनाके सभी सैनिक जोर-जोर सिंहनाद करनेके लगे। इसी समय अनिरुद्ध सहसा उछलकर फिर उसके रथके समीप जा डटे ॥ १५९ ॥ अब बाणासुरने क्रुद्ध होकर विविध घण्टाओंसे समाकीर्ण, अतिशय भयानक तथा जलजलाती हुई एक शक्ति उठायी ॥ १६० ॥ उस शक्तिकी दीप्ति सूर्य तथा अग्निके सदृश थी। देखनेमें वह यमदण्डके समान भीषण थी। तब दैत्यराजने उल्कासदृश देदीप्यमान वह शक्ति अनिरुद्धपर चला दी ॥१६१॥ उस प्राणग्राहिणी शक्तिको अपनी ओर आती देख प्रद्युम्नकुमारने लपककर उसको हाथसे पकड़ लिया ॥१६२॥ तत्पश्चात् महाबली अनिरुद्धने उसी शक्तिसे बाणासुरपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रहार कर दिया और वह उसके शरीरका भेदन करके धरतीमें घुस गयी ॥१६३॥ उस प्रहारसे बाणासुरको बड़ी चोट आयी और वह ध्वजदण्ड पकड़कर बैठ गया। उसे मूर्छित देखकर कुम्भाण्ड बोला—॥ १६४ ॥ दानवेन्द्र! आप इस तरह प्रबल शत्रुकी उपेक्षा क्यों कर रहे हैं? यह आपके लक्ष्यपर रहता हुआ भी निर्विकार खड़ा है। आप इसे सम्मुख युद्धमें परास्त नहीं कर सकेंगे। अतएव अब मायाका अवलम्बन करके लड़िए। नहीं तो इसका विनाश करना कठिन हो जायगा। सो मायायुद्धमें इसे मारकर आप अपनी और हमलोगोंकी रक्षा करिए। अब उपेक्षा करनेसे यह समस्त दानवकुलका संहार करके उषाको उठा ले जायगा ॥ १६५–१६७ ॥ कुम्भाण्डके ऐसा कहनेपर दानवराज बाणासुर अत्यधिक कुपित हुआ और अति कठोर भाषामें बोला– ॥१६८॥ हे सारथे! मैं अभी इसके वधका उपाय करता हूँ। गरुड़ जैसे सर्पको उदरस्थ कर लेता है, वैसे ही मैं इसे उदरस्थ कर लूँगा ॥१६९॥ यह कहकर

लम् ॥ १६३ ॥ स गाढविद्धो व्यथितो ध्वजयष्टिं समाश्रितः ॥ ततो मूर्च्छाभिभूतं तं कुम्भाण्डो वाक्यमब्रवीत् ॥ १६४ ॥ उपेक्षसे दानवेन्द्र किमेवं शत्रुमुद्यतम् ॥ लब्धलक्षो ह्ययं वीरो निर्विकारोऽद्य दृश्यते ॥ १६५ ॥ मायामाश्रित्य युध्यस्व नायं वध्योऽन्यथा भवेत् ॥ आत्मानं मां च रक्षस्व प्रमादात्किमुपेक्षसे ॥ १६६ ॥ वध्यतामयमद्यैव न नः सर्वान्विनाशयेत् ॥ अन्यांश्च शतशो हत्वा उषां नीत्वा व्रजिष्यति ॥ १६७ ॥ कुम्भाण्डवचनैरेवं दानवेन्द्रः प्रणोदितः ॥ वाचं रूक्षामभिक्रुद्धः प्रोवाच वदतां वरः ॥ १६८ ॥ एषोऽहमस्य विदधे मृत्युं प्राणहरं रणे ॥ आदास्याम्यहमेतं वै गरुत्मानिव पन्नगम् ॥ १६९ ॥ इत्येवमुक्त्वा सरथः सध्वजः साश्वसारथिः ॥ गन्धर्वनगराकारस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ १७० ॥ मुमोच निशितान्बाणांश्छन्नो मायाधरो बली ॥ विज्ञायान्तर्हितं बाणं प्राद्युम्निरपराजितः ॥ १७१ ॥ पौरुषेण समायुक्तः संप्रेक्षत दिशो दश ॥ आस्थाय तामसीं विद्यां तदा क्रुद्धो महाबलः ॥ १७२ ॥ मुमोच विशिखांस्तीक्ष्णांश्छन्नो मायाधरो बली ॥ प्राद्युम्निर्विशिखैर्बद्धः सर्पभूतैः समन्ततः ॥ १७३ ॥ वेष्टितो बहुधा तस्य देहः पन्नगराशिभिः ॥ स तु वेष्टितसर्वाङ्गो बद्धः प्राद्युम्निराहवे ॥ १७४ ॥ निष्प्रयत्नः कृतस्तस्थौ मैनाक इव पर्वतः ॥ ज्वालावलीढवदनैः सर्पभोगैर्विचेष्टितः ॥१७५॥ अभितः पर्वताकारः प्राद्युम्निरभवद्रणे ॥ निष्प्रयत्नगतिश्चापि सर्ववक्त्रमयैः शरैः ॥ १७६ ॥ न विव्यथे स भूतात्मा सर्वतः परिवेष्टितः ॥ ततस्तं वाग्भिरुग्राभिः संरब्धः समतर्जयत् ॥ १७७ ॥ बाणो ध्वजं समाश्रित्य प्रोवाचामर्षितो

वह दानव तत्काल गन्धर्वनगरके समान उस रथ, घोड़े, ध्वज तथा सारथीके साथ अलक्षित हो गया ॥ १७० ॥ अब वह मायावी अलक्षित रहता हुआ ही तीखे बाणोंकी वर्षा करने लगा। उधर अजेय और पूर्णपुरुषार्थसम्पन्न प्रद्युम्नकुमार शत्रुको अपने अन्तर्हित देख दसों दिशाओंमें दृष्टि दौड़ाकर निहारने लगे। उसी समय मायावी बलितनय बाण तामसी विद्याके प्रभावसे अलक्षित होकर बड़े क्रोधके साथ तीक्ष्ण बाणोंकी बौछार करने लगा। सहसा कन्दर्पतनय अनिरुद्ध सर्पमय बाणोंसे परिवेष्टित हो गये। उस समय वे मैनाक पर्वतके समान चुपचाप खड़े थे। उधर वे विषैले सर्प उनके शरीरको चारों ओरसे लपेटकर बाँधने लगे ॥ १७१–१७५ ॥ उस समय वे निश्चेष्ट हो गये। तथापि उनका मन तनिक भी विचलित नहीं हुआ। तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाणासुरने ध्वजयष्टिको थाम्हकर बड़े क्रोधके साथ उन्हें धमकाते हुए कहा— कुम्भाण्ड ! तुम इस कुलाङ्गारका शीघ्र वध कर दो ॥ १७६–१७८ ॥ क्योंकि इस दुराचारीने मेरा कुल कलंकित किया है। बाणासुरके ऐसा कहनेपर कुम्भाण्ड बोला—॥ १७९ ॥ राजन् ! मैं एक बात कहना चाहता हूँ। यदि उचित समझिए तो उसे सुन लीजिए। पहले आप यह पता लगाइए कि यह कौन है और कहाँसे आया है ॥ १८० ॥ इसको यहाँ कौन लाया ? राजन् ! इन्द्रतुल्य पराक्रमी इस युवकको मैंने विकट युद्ध करते देखा है। देवकुमार सदृश सुन्दर यह युवक बड़ा बलवान्, साहसी और युद्धविद्यामें पूर्ण निपुण है ॥ १८१ ॥ १८२ ॥ अतएव हे दैत्यसत्तम ! इसका वध उचित नहीं है। मेरा ऐसा ख्याल है कि यह व्यक्ति आपकी कन्याके साथ गान्धर्व विवाह भी कर चुका होगा ॥ १८३ ॥ इस समय आपका अपनी कन्याको त्यागना या घरमें रखना दोनों दुष्कर है। अतएव आप पहले भलीभाँति विचार कर लीज़िए। उसके बाद यदि वधके योग्य हो तो वध और पूजाके योग्य हो तो पूजा करिएगा ॥ १८४ ॥ इसका वध करनेमें महान् दोष एवं रक्षा करनेमें अनेक तरहसे कल्याणकी

वचः ॥ कुम्भाण्ड वध्यतां शीघ्रमयं वै कुलपांसनः ॥ १७८ ॥ चारित्रं येन मे लोके दूषितं दूषितात्मना ॥ इत्येवमुक्ते वचने कुम्भाण्डो वाक्यमब्रवीत् ॥ १७९ ॥ राजन् वक्ष्याम्यहं किञ्चित्तन्मे शृणु यदिच्छसि ॥ अयं विज्ञायतां कस्य कुतो वाऽयमिहागतः ॥१८०॥ केन वाऽयमिहानीतः शक्रतुल्यपराक्रमः ॥ मयायं बहुशो राजन्दृष्टो युध्यन्महारणे ॥ १८१ ॥ क्रीडन्निव च युद्धेषु दृश्यते देवसूनुवत् ॥ बलवान्सत्त्वसंपन्नः सर्वशास्त्रविशारदः ॥ १८२ ॥ नायं वधकृतं दोषमर्हते दैत्यसत्तम ॥ गान्धर्वेण विवाहेन कन्येयं तत्र संगता ॥ १८३ ॥ अदेया ह्यप्रतिग्राह्या अतश्चिन्त्य वधं कुरु ॥ विज्ञाय च वधं वाऽस्य पूजां वाऽस्य करिष्यसि ॥ १८४ ॥ वधे ह्यस्य महान्दोषो रक्षणे सुमहान्गुणः ॥ अयं हि पुरुषोत्कृष्टः सर्वथा मानमर्हति ॥ १८५ ॥ सर्वतो वेष्टिततनुर्न व्यथत्येष भोगिभिः ॥ कुलशौण्डीर्यवीर्यैश्च सत्त्वेन च समन्वितः ॥ १८६ ॥ पश्य राजन्महावीर्यैरन्वितः पुरुषोत्तमः ॥ न नो गणयते सर्वान्वधं प्राप्तोऽप्ययं बली ॥ १८७ ॥ यदि मायाप्रभावेण नात्र बद्धो भवेदयम् ॥ सर्वान्सुरगणान्संख्ये योधयेन्नात्र संशयः ॥१८८॥ सर्वसंग्राममार्गज्ञो भवेद्वीर्याधिकस्तव ॥ शोणितौघप्लुतैर्गात्रैर्नागभोगैश्च वेष्टितः ॥१८९॥ त्रिशिखां भ्रुकुटिं कृत्वा न चिन्तयति नः स्थितान् ॥ इमामवस्थां नीतोऽपि स्वबाहुबलमाश्रितः ॥१९०॥ न चिन्तयति राजंस्त्वां वीर्यवान्कोऽप्यसौ युवा ॥ सहस्रबाहोः समरे द्विबाहुः

सम्भावना है। मेरा ऐसा विश्वास है कि यह वीर सवथा सम्मानका अधिकारी है ॥ १८५ ॥ देखिए न, यह इस समय भलीभाँति सर्पोंके बन्धनमें जकड़ा हुआ है। फिर भी इस तरह खड़ा है, जैसे कुछ हुआ ही न हो। इससे ज्ञात होता है कि यह कुल, शील, पराक्रम, उत्साह तथा यश आदि सभी गुणोंसे सम्पन्न है ॥ १८६ ॥ हे राजन् ! इधर देखिए, यह इस समय मृत्युके हाथमें पड़ा हुआ है, फिर भी हमलोगोंको कुछ नहीं गिन रहा है १८७ ॥ यदि आपने मायाबलसे बाँध न लिया होता तो इतनी देरमें यह हम सबको मार डालता। यह व्यक्ति जिस तरह विविध प्रकारके युद्धोंका पारदर्शी है, उससे ज्ञात होता है कि यह आपकी अपेक्षा अधिक बलवान् है। इसके सब अङ्गोंसे रुधिरकी धारा बह रही है और सर्पोंने चारों ओरसे जकड़ लिया है, फिर भी अपने बाहुबलपर भरोसा करके भौंहें ताने अविचल भावसे खड़ा है ॥ १८८–१९० ॥ हम लोग इसके सम्मुख खड़े हैं, किन्तु यह हमारी ओर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निहारता भी नहीं। हे राजन्! आप सहस्रबाहु हैं, किन्तु केवल दो भुजाओंयुक्त होकर भी यह आपके साथ युद्ध कर रहा है ॥ १९१ ॥ अतएव यह बलवान् युवक कौन है ? पहले यह जान लेना आवश्यक है। क्योंकि आपकी कन्याका उसके साथ सम्बन्ध हो चुका है। अब यदि आप उषा किसी अन्य वरको देना चाहेंगे तो उचित न होगा ॥ १९२ ॥ अतएव यदि यह व्यक्ति किसी सम्मानित वंशका हो तो इसकी पूजा करनेमें क्या हानि है ? ॥ १९३ ॥ इसलिए मेरा विचार तो ऐसा है कि इसे मारा न जाय, बल्कि इसकी रक्षा की जाय। कुम्भाण्डके यह कहनेपर बाणासुरने उसकी बात मान ली। तदनन्तर रक्षकोंको अनिरुद्धकी रक्षाका भार सौंपकर स्वयं अपने घर चला गया। उसी समय देवर्षि नारद अनिरुद्धको इस प्रकार मायापाशमें निबद्ध देखकर कृष्णभगवानको यह वृत्तान्त बतानेके लिए आकाशमार्गसे द्वारकापुरी चल पड़े ॥ १९४–१९७ ॥ इधर अनिरुद्ध मन ही मन सोचने लगे कि वह क्रूर

समवस्थितः ॥ न चिन्तयति ते वीर्यमयं वीर्यमदान्वितः ॥ १९१ ॥ उचितं यदि ते राजन् ज्ञेयो वीर्यबलान्वितः ॥ कन्या चेयं न चान्यस्य निर्यात्येतेन सङ्गता ॥ १९२ ॥ यदि चेष्टतमः कश्चिदयं वंशे महात्मनाम् ॥ ततः पूजामयं वीरः प्राप्स्यते चासुरोत्तम ॥ १९३ ॥ रक्ष्यतामिति चोक्त्वैव तथाऽस्त्विति च तस्थिवान् ॥ एवमुक्ते तु वचने कुम्भाण्डेन महात्मना ॥ १९४ ॥ तथेत्याह च कुम्भाण्डं बाणः शत्रुनिषूदनः ॥ संरक्षिणस्ततो दत्त्वा अनिरुद्धस्य धीमतः ॥ १९५ ॥ ययौ स्वमेव भवनं बलेः पुत्रो महायशाः ॥ संयतं मायया दृष्ट्वा अनिरुद्धं महाबलम् ॥ १९६ ॥ ऋषीणां नारदः श्रेष्ठोऽव्रजद्द्वारवतीं प्रति ॥ ततो ह्याकाशमार्गेण मुनिर्द्वारवतीं गतः ॥ १९७ ॥ गते ऋषीणां प्रवरे सोऽनिरुद्धो व्यचिन्तयत् ॥ नष्टोऽयं दानवः क्रूरो युद्धमेष्यत्यसंशयः ॥ १९८ ॥ स गत्वा नारदस्तत्र शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ ज्ञापयिष्यति तत्त्वेन इममर्थं न संशयः ॥ १९९ ॥ नागैर्विचेष्टितं दृष्ट्वा उषा प्राद्युम्निमातुरा ॥ रुरोद बाष्परुद्धाक्षी तामाह रुदतीं पुनः ॥ २०० ॥ किमिदं रुद्यते भीरु मा भैस्त्वं मृगलोचने ॥ पश्य सुश्रोणि संप्राप्तं मत्कृते मधुसूदनम् ॥ २०१ ॥ यस्य शङ्खध्वनिं श्रुत्वा बाहुशब्दं बलस्य च ॥ दानवा नाशमेष्यन्ति गर्भाश्चासुरयोषिताम् ॥ २०२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्ताऽनिरुद्धेन उषा विश्रम्भमागता ॥ नृशंसं पितरं चैव शोचते सा सुमध्यमा ॥ २०३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि बाणानिरुद्धयुद्धे एकविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२१ ॥

दानव इस समय अलक्षित हो गया है, किन्तु अविलम्ब वह पुनः युद्धके लिए रणभूमिमें आयेगा ॥१९८॥ और फिर नारदजी भी यहाँसे द्वारका जाकर शंख-चक्र-गदाधारी भगवान कृष्णको भलीभाँति यहाँका समाचार अवश्य सुनायेंगे ॥ १९९ ॥ उषा अपने पतिको नागपाशमें बँधा देख आँखोंमें आँसू भरके रोने लगी। उसे रोती देखकर अनिरुद्धने कहा—हे मृगलोचने ! हे विपुलनितम्बे ! तुम क्यों रो रही हो ? तुम्हें किसी बातका भय नहीं है। बहुत शीघ्र भगवान कृष्ण यहाँ आ रहे हैं। उनकी शंखध्वनि तथा बलरामजीकी तालका शब्द सुनकर ही सब दानव नष्ट हो जायँगे और गर्भिणी दानवियोंका गर्भ गिर जायगा ॥ २००–२०२ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अनिरुद्धके वचन सुनकर उषाको कुछ ढाढ़स बँधा और वह अपने क्रूर पिताके विषयमें सोचने लगी ॥ २०३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां एकविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(आर्यास्तव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वीर अनिरुद्धको जब बलितनय बाणासुरने उषाके साथ बन्दी बना लिया, तब अनिरुद्धने आत्मरक्षार्थ कोटवती देवीके शरणागत होकर जिस स्तोत्रका पाठ किया था, वह बता रहा हूँ। सुनिए—॥ १ ॥ २ ॥ सर्वप्रथम अनिरुद्धने अनन्त, अक्षय, दिव्य, आदिदेव तथा सनातन विष्णु भगवानको नमस्कार करके ऋषिगण, देवगण एवं हरि इन नामोंका उच्चारण करनेके बाद सर्वलोकनमस्कृता, सर्वदेहस्था और वरदात्री देवी कात्यायनी आर्या भगवतीकी स्तुति की ॥३–५॥ अनिरुद्ध बोले—हे महेन्द्र-विष्णुभगिनि ! मैं आत्मकल्याणके निमित्त विशुद्ध अन्तःकरणसे हाथ जोड़कर आपकी स्तुति कर रहा हूँ ॥ ६ ॥ हे मातः ! आप गौतमी, पवित्रा, गोकुलोत्पन्ना, कंसके भय एवं नन्दगोप तथा यशोदाकी आनन्दवर्द्धिनी हैं ॥ ७ ॥ आप प्रज्ञा, दक्षा, शिवा, सौम्या, दानवमर्दिनी तथा सर्वदेहस्था हैं। आपको सब लोग नमस्कार करते हैं ॥८॥ आप दर्शनी, पूरणी,

वैशम्पायन उवाच ॥ यदा बाणपुरे वीरः सोऽनिरुद्धः सहोषया ॥ संनिरुद्धो नरेन्द्रेण बाणेन बलिसूनुना ॥ १ ॥ तदा देवीं कोटवतीं रक्षार्थं शरणं गतः ॥ यद्गीतमनिरुद्धेन देव्याः स्तोत्रमिदं शृणु ॥ २ ॥ अनन्तमक्षयं दिव्यमादिदेवं सनातनम् ॥ नारायणं नमस्कृत्य प्रवरं जगतां प्रभुम् ॥ ३ ॥ चण्डीं कात्यायनीं देवीमार्यां लोकनमस्कृताम् ॥ वरदां कीर्तयिष्यामि नामभिर्हरिसंस्तुतैः ॥ ४ ॥ ऋषिभिर्दैवतैश्चैव वाक्पुष्पैरर्चितां शुभाम् ॥ तां देवीं सर्वदेहस्थां सर्वदेवनमस्कृताम् ॥ ५ ॥ अनिरुद्ध उवाच ॥ महेन्द्रविष्णुभगिनीं नमस्यासि हिताय वै ॥ मनसा भावशुद्धेन शुचिः स्तोष्ये कृताञ्जलिः ॥ ६ ॥ गौतमीं कंसभयदां यशोदानन्दवर्द्धिनीम् ॥ मेध्यां गोकुलसंभूतां नन्दगोपस्य नन्दिनीम् ॥ ७ ॥ प्रज्ञां दक्षां शिवां सौम्यां दनुपुत्रविमर्दिनीम् ॥ तां देवीं सर्वदेहस्थां सर्वभूतनमस्कृताम् ॥ ८ ॥ दर्शनीं पूरणीं मायां वह्निसूर्यशशिप्रभाम् ॥ शान्तिं ध्रुवां च जननीं मोहिनीं शोषणीं तथा ॥ ९ ॥ सेव्यां देवैः सर्षिगणैः सर्वदेवनमस्कृताम् ॥ कालीं कात्यायनीं देवीं भयदां भयनाशिनीम् ॥ १० ॥ कालरात्रिं कामगमां त्रिनेत्रां ब्रह्मचारिणीम् ॥ सौदामिनीम्मेघरवां वैतालीं विपुलाननाम् ॥ ११ ॥ यूथस्याद्यां महाभागां शकुनीं रेवतीं तथा ॥ तिथीनां पञ्चमीं षष्ठीं पूर्णमासीं चतुर्दशीम् ॥ १२ ॥ सप्तविंशतिऋक्षाणि नद्यः सर्वा दिशो दश ॥ नगरोपवनोद्यानद्वाराट्टालकवासिनीम् ॥ १३ ॥ ह्रीं श्रीं गंगां च गन्धर्वां योगिनीं योगदां सताम् ॥ कीर्तिमाशां दिशं स्पर्शां नमस्यामि सरस्वतीम् ॥१४॥ वेदानां मातरं चैव सावित्रीं भक्तवत्सलाम् ॥ तपस्विनीं

माया, अग्निप्रभा, सूर्यप्रभा, शशिप्रभा, शान्ति, ध्रुवा, जननी, मोहिनी और शोषणी हैं ॥ ९ ॥ सभी देवता तथा ऋषिगण आपकी स्तुति करते हैं और सभी जीव आपके समक्ष विनम्र हो जाते हैं। आप काली, कात्यायनी, भयदा और भयनाशिनी हैं ॥ १० ॥ आप त्रिनेत्रा, कालरात्रि, कामगमा, ब्रह्मचारिणी, सौदामिनी, मेघरवा, वैताली और विपुलानना हैं ॥ ११ ॥ आप सबकी माता, महाभागा, शकुनी, रेवती, तिथियोंमें पञ्चमी, षष्ठी, पूर्णमासी और चतुर्दशी हैं ॥ १२ ॥ आप सप्तविंशति नक्षत्र, समस्त नदी और दशदिक्स्वरूपा हैं। आप सभी नगरों, उद्यानों, उपवनों, द्वारों तथा अट्टालिकाओंपर निवास करती हैं ॥१३॥ आप ही, श्री, गंगा, गन्धर्वा, योगिनी, योगदा, कीर्ति, आशा, दिशा, स्पर्शा और सरस्वती हैं। मैं आपको नमस्कार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करता हूँ ॥ १४ ॥ आप वेदमाता, भक्तवत्सला, सावित्री, तपस्विनी, शान्तिकरी, एकानंशा और सनातनी हैं ॥ १५ ॥ आप कोटरस्थिता, मदिरा, चण्डा, इला, मलयवासिनी, भूतधात्री,
भयंकरी, कूष्माण्डी और कुसुमप्रिया हैं ॥ १६ ॥ आप दारुणी, मदिरावासा, विन्ध्य एवं कैलासपर्वतवासिनी, वराङ्गना, सिंहरथी, बहुरूपा और वृषध्वजा हैं ॥ १७ ॥ आप
दुर्लभा, दुर्जया, दुर्गा, निशुम्भभयदर्शिनी, सुरप्रिया, सुरा, देवी, इन्द्रानुजा और शिवा हैं ॥ १८ ॥ आप किराती, चीरवसना, चौरसेनानमस्कृता, आज्यपा, सोमपा, सौम्या और
सर्वपर्वतवासिनी हैं ॥ १९ ॥ आप निशुम्भ-शुम्भमथनी, गजकुम्भोपमस्तनी, सिद्धसेनाकी जननी और सिद्ध-चारणसेविता हैं ॥ २० ॥ आप कुमारप्रभवा, पर्वतात्मजा, पार्वती,
पञ्चाशद्देवकन्या और देवपत्नी हैं ॥ २१ ॥ आप कद्रुके हजारों पुत्रों-पौत्रांकी पत्नी तथा समस्त जगत्की माता, पिता, समस्त विश्व तथा देवताओं और अप्सराओंको माननीया

शान्तिकरीमेकानंशां सनातनीम् ॥ १५ ॥ कौटीर्यां मदिरां चण्डामिलां मलयवासिनीम् ॥ भूतधात्रीं भयकरीं कूष्माण्डीं कुसुमप्रियाम् ॥ १६ ॥
दारुण्यीं मदिरावासां विन्ध्यकैलासवासिनीम् ॥ वराङ्गनां सिंहरथीं बहुरूपां वृषध्वजाम् ॥१७॥ दुर्लभां दुर्जयां दुर्गां निशुम्भभयदर्शिनीम् ॥ सुरप्रियां
सुरां देवीं वज्रपाण्यनुजां शिवाम् ॥ १८ ॥ किरातीं चीरवसनां चौरसेनानमस्कृताम् ॥ आज्यपां सोमपां सौम्यां सर्वपर्वतवासिनीम् ॥ १९ ॥
निशुम्भशुम्भमथनीं गजकुम्भोपमस्तनीम् ॥ जननीं सिद्धसेनस्य सिद्धचारणसेविताम् ॥२०॥ चरां कुमारप्रभवां पार्वतीं पर्वतात्मजाम् ॥ पञ्चाशद्देव-
कन्यानां पत्न्यो देवगणस्य च ॥ २१ ॥ कद्रुपुत्रसहस्रस्य पुत्रपौत्रवरस्त्रियः ॥ माता पिता जगन्मान्या दिवि देवाप्सरोगणैः ॥ २२ ॥ ऋषिपत्नी-
गणानां च यक्षगन्धर्वयोषिताम् ॥ विद्याधराणां नारीषु साध्वीषु मनुजासु च ॥ २३ ॥ एवमेतासु नारीषु सर्वभूताश्रया ह्यसि ॥ नमस्कृताऽसि
त्रैलोक्ये किन्नरोद्गीतसेविते ॥ २४ ॥ अचिन्त्या ह्यप्रमेयाऽसि याऽसि साऽसि नमोऽस्तु ते ॥ एभिर्नामभिरन्यैश्च कीर्तिता ह्यसि गौतमि ॥ २५ ॥
त्वत्प्रसादादविघ्नेन क्षिप्रं मुच्येय बन्धनात् ॥ अवेक्षस्व विशालाक्षि पादौ ते शरणं व्रजे ॥ २६ ॥ सर्वेषामेव बन्धानां मोक्षणं कर्तुमर्हसि ॥ ब्रह्मा
विष्णुश्च रुद्रश्च चन्द्रसूर्याग्निमारुताः ॥ २७ ॥ अश्विनौ वसवश्चैव धाता भूमिर्दिशो दश ॥ मरुता सह पर्जन्यो धाता भूमिर्दिशो दश ॥ २८ ॥

हैं ॥ २२ ॥ जो ऋषियों, गन्धर्वों, विद्याधरों तथा यक्षोंकी पत्नी हैं उनमें और सती-साध्वी मानवनारियोंके बीच विद्यमान रहती हैं ॥ २३ ॥ हे माता ! आप उपर्युक्त सभी नारियोंकी
आश्रयस्थली हैं । आप तीनों लोकोंके प्राणियों द्वारा नमस्कृत हैं और किन्नरगण सदा आपके सुयश गाया करते हैं ॥ २४ ॥ हे भगवती ! आप अचिन्त्य और अप्रमेय हैं । संसारीजन
जिस किसी भी नामसे आपके गुण गाते हैं, आप वह सब हैं । मैं आपको नमस्कार करता हूँ । हे गौतमी ! आप उपर्युक्त नामों तथा अन्यान्य बहुतेरे नामोंसे सुमिरी जाती
हैं ॥ २५ ॥ आपकी कृपासे मैं शीघ्र बन्धनमुक्त हो जाऊँगा । हे विशालाक्षि ! मैं आपके श्रीचरणोंकी शरणमें हूँ । कृपया एक बार आप मेरे ऊपर दृष्टिपात कर दीजिए ॥२६॥ आप बन्ध-
नमें बँधे सभी व्यक्तियोंको बन्धनमुक्त कर सकती हैं । आपका नाम संकीर्तन कर लेनेसे ब्रह्मा, विष्णु, महेश, चन्द्रमा, सूर्य, अग्नि, अश्विनीकुमार, मरुद्गण, वसुगण, विश्वेदेव, मेघ, विधाता,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भूमि, दसों दिशायें, गौ, नक्षत्रावली, वंश, ग्रह, नदी, ह्रद, सरित्, सागर, विद्याधर, खगगण, सुपर्वागण, इन सभी पुनीत नामों तथा केवल देवीके ही नामका कीर्तन कर लेनेसे कार्य सम्पन्न हो जाता है ॥२७–३०॥ जो मनुष्य भक्तिपूर्वक देवीके इस पवित्र स्तोत्रका एकाग्र मनसे पाठ करता है, उसे देवी प्रसन्न होकर सातवें महीने अभीष्ट वरदान देती हैं ॥३१॥ हे कात्यायनि ! आप अष्टादशभुजा और दिव्यभूषणभूषिता हैं। आपके सभी अङ्गोंमें हार और मस्तकपर उज्ज्वल मुकुट विराजमान रहता है ॥ ३२ ॥ हे देवि ! आपकी सब स्तुति करते हैं। मैं भी आपको नमस्कार करता हूँ। आप मेरेपर प्रसन्न हों और मुझे वर, आयु, पुष्टि, क्षमा और धृति प्रदान करें। साथ ही ऐसा कुछ करिए कि जिससे मैं शीघ्र बन्धनमुक्त हो जाऊँ। वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वीर अनिरुद्धके इस प्रकार स्तुति करनेपर विपुल पराक्रमवती तथा शरणागतवत्सला महादेवी दुर्गा उनके समक्ष प्रकट हो गयीं ॥ ३३–३६ ॥

गावो नक्षत्रवंशाश्च ग्रहा नद्यो ह्रदास्तथा॥ सरितः सागराश्चैव नानाविद्याधरोरगाः॥ २९ ॥ तथा नागाः सुपर्वाणो गन्धर्वाप्सरसां गणाः॥ कृत्स्नं जगदिदं प्रोक्तं देव्या नामानुकीर्त्तनात् ॥ ३० ॥ देव्याः स्तवमिमं पुण्यं यः पठेत्सुसमाहितः॥ सा तस्मै सप्तमे मासि वरमग्र्यं प्रयच्छति ॥ ३१ ॥ अष्टादशभुजा देवी दिव्याभरणभूषिता ॥ हारशोभितसर्वाङ्गी मुकुटोज्ज्वलभूषणा ॥ ३२ ॥ कात्यायनि स्तूयसे त्वं वरमग्र्यं प्रयच्छसि ॥ अतः स्तवीमि तां देवीं वरदे वामलोचने ॥ ३३ ॥ नमोऽस्तु ते महादेवि सुप्रीता मे सदा भव ॥ प्रयच्छ त्वं वरं ह्याशु पुष्टिं चैव क्षमां धृतिम् ॥ ३४ ॥ बन्धनस्थो विमुच्येयं सत्यमेतद्भवेदिति ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं स्तुता महादेवी दुर्गा दुर्गपराक्रमा ॥ ३५ ॥ सांनिध्यं कल्पयामास अनिरुद्धस्य बन्धने ॥ अनिरुद्धहितार्थाय देवी शरणवत्सला ॥ ३६ ॥ बद्धं बाणपुरे वीरमनिरुद्धं व्यमोक्षयत ॥ सान्त्वयामास तं वीरमनिरुद्धमर्षणम् ॥ ३७ ॥ पूजयामास तां वीरः सोऽनिरुद्धः प्रतापवान् ॥ प्रसादं दर्शयामास अनिरुद्धस्य बन्धने ॥ ३८ ॥ नागपाशेन बद्धस्य तस्योषाहृतचेतसः ॥ स्फोटयित्वा कराग्रेण पञ्जरं वज्रसन्निभम् ॥ ३९ ॥ रुद्धं बाणपुरे वीरं साऽनिरुद्धमभाषत ॥ सान्त्वयन्ती वचो देवी प्रसादाभिमुखी तदा ॥ ४० ॥ श्रीदेव्युवाच ॥ चक्रायुधो मोक्षयिताऽनिरुद्ध त्वां बन्धनादाशु सहस्र कालम् ॥ छित्त्वा स बाणस्य सहस्रबाहुं पुरीं निजां नेष्यति दैत्यसूदनः ॥ ४१ ॥ ततोऽनिरुद्धः पुनरेव देवीं तुष्टाव हृष्टः शशिकान्तवक्त्रः ॥ अनिरुद्ध उवाच ॥ नमोऽस्तु ते देवि वरप्रदे शिवे नमोऽस्तु ते

तदनन्तर बाणासुरकी नगरीमें नागपाशसे आबद्ध अनिरुद्धको उन्होंने सान्त्वना प्रदान की ॥ ३७ ॥ उस समय परम प्रतापशाली प्रद्युम्नतनयने उनकी विधिवत् पूजा की और भगवतीने भी अपनी पूर्ण प्रसन्नता व्यक्त की ॥ ३८ ॥ नागपाशबद्ध तथा उषापर आसक्त अनिरुद्धके वज्रसदृश कठोर पिंजड़ेका स्पर्श करके देवीने उसे तोड़ दिया ॥ ३९ ॥ तत्पश्चात् वे परम प्रसन्न भगवती उन्हें सान्त्वना देती हुई बोलीं ॥ ४० ॥ देवीने कहा—हे अनिरुद्ध ! शीघ्र ही चक्रधारी भगवान कृष्ण यहाँ आकर तुम्हें बन्धनमुक्त करेंगे। वे बाणासुरकी हजारों भुजाओंको काट तथा तुम्हें बन्धनमुक्त करके द्वारकापुरी ले जायँगे ॥ ४१ ॥ हे महाराज ! जब भगवतीके मुखारविन्दसे अनिरुद्धने यह सुना कि भगवान कृष्ण स्वयं आयेंगे और बाणपुत्रीके साथ मुझे छुड़ाकर द्वारका ले जायँगे तो वे पुनः गद्गद वाणीमें देवीकी स्तुति करने लगे। उन्होंने कहा—हे वरदायिनि देवि ! आपको नमस्कार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है। हे दैत्यनाशिनि! हे शिवे! मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ४२ ॥ हे महिषासुरमर्दिनि! हे कामचारिणि! हे सदाशिवे! हे सर्वहितैषिणि! आपको नमस्कार है। हे शत्रुभयंकरि! हे बन्धनमोक्षकारिणि! आपको मेरा सतत प्रणाम है ॥ ४३ ॥ हे ब्रह्माणी! हे इन्द्राणी! हे रुद्राणी! हे भूतभव्यविज्ञे! हे नारायणी! मुझे आप सब प्रकारकी भीतियोंसे बचायें। मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ४४ ॥ हे जगन्नाथे! हे दान्ते! हे महाव्रते! हे भक्तप्रिये! हे जगन्मातः! हे शैलपुत्रि! हे वसुन्धरे! मैं आपको प्रणाम करता हूँ ॥ ४५ ॥ हे विशालाक्षि! आप मेरी रक्षा करें। हे नारायणि! आपको नमस्कार है। हे दानवभयंकरि! आप मुझे सब दुःखोंसे बचायें ॥ ४६ ॥ हे रुद्रप्रिये! हे महाभागे! हे भक्तार्तिनाशिनि! आपकी कृपासे बन्धनमुक्त होकर मैं सादर प्रणाम करता हूँ ॥ ४७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! इस पुनीत आर्यास्तवका जो प्राणी समाहित चित्तसे पाठ करता है, वह सब पापोंसे छुटकारा पाकर अन्तमें विष्णुलोकको गमन करता है। इसके पाठसे बद्ध मनुष्य बन्धनमुक्त हो जाता है। ऐसा श्रीव्यासदेवका सत्य कथन है ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

देवि सुरारिनाशिनि ॥ ४२ ॥ नमोऽस्तु ते कामचरे सदाशिवे नमोऽस्तु ते सर्वहितैषिणि प्रिये ॥ नमोऽस्तु ते भीतिकरि द्विषां सदा नमोऽस्तु ते बन्धनमोक्षकारिणि ॥ ४३ ॥ ब्रह्माणीन्द्राणि रुद्राणि भूतभव्यभवे शिवे ॥ त्राहि मां सर्वभीतिभ्यो नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ४४ ॥ नमोऽस्तु ते जगन्नाथे प्रिये दान्ते महाव्रते ॥ भक्तिप्रिये जगन्मातः शैलपुत्रि वसुन्धरे ॥ ४५ ॥ त्राहि मां त्वं विशालाक्षि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ त्रायस्व सर्वदुःखेभ्यो दानवानां भयंकरि ॥ ४६ ॥ रुद्रप्रिये महाभागे भक्तानामार्तिनाशिनि ॥ नमामि शिरसा देवीं बन्धनस्थो विमोक्षितः ॥ ४७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ आर्यास्तवमिदं पुण्यं यः पठेत्सुसमाहितः ॥ सर्वपापविनिर्मुक्तो विष्णुलोकं स गच्छति ॥ बन्धनस्थो विमुच्येत सत्यं व्यासवचो यथा ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अनिरुद्धकृत आर्यास्तवो नाम द्वाविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥१२२॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततोऽनिरुद्धस्य गृहे रुरुदुः सर्वयोषितः ॥ प्रियं नाथमपश्यन्त्यः कुरर्य इव सङ्घशः ॥ १ ॥ अहो धिक्किमिदं नाथ नाथे कृष्णे व्यवस्थिते ॥ अनाथा इव संत्रस्ता रुदिमो भयपीडिताः ॥२॥ यस्येन्द्रप्रमुखा देवाः सादित्याः समरुद्गणाः ॥ बाहुच्छायामुपाश्रित्य वसन्ति दिवि देवताः ॥३॥ तस्योत्पन्नमिदं लोके भयदस्य महाभयम् ॥ तस्यानिरुद्धः पौत्रस्तु वीरः केनापि नो हृतः ॥४॥ अहो नास्ति भयं नूनं तस्य लोके

विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां द्वाविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२२ ॥

(भगवान कृष्णका शोणितपुरको प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उधर द्वारकामें अनिरुद्धके भवनमें उनकी स्त्रियाँ अपने प्रियतमको न देखकर सबके सब कुररी पक्षीके समान चीख उठीं ॥ १ ॥ वे कहने लगी—हाय! श्रीकृष्ण सदृश महाप्रभुके रहते हुए भी हमें भयसे कातर होकर अनाथाओंके समान रोदन करना पड़ रहा है ॥२॥ आदित्यगण, मरुद्गण और इन्द्र आदि अन्यान्य देवता जिसके बाहुकी छायाका आश्रय लेकर सानन्द स्वर्गवास करते हैं ॥ ३ ॥ जिनसे तीनों लोकोंके प्राणी सदा सशंक रहते हैं, उन लोकनाथ कृष्ण-पर भी भयका आतङ्क आ उपस्थित हुआ। उनके परम वीर पौत्र अनिरुद्धको न जाने कौन हर ले गया ॥ ४ ॥ जिस व्यक्तिने भगवानके दुःसह क्रोधाग्निको भड़काया है, ज्ञात होता है

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कि उस दुर्बुद्धिको कुछ भी भय नहीं है ॥ ५ ॥ यदि ऐसा न होता तो वह मुँह बाये खड़ी मृत्युके दाँतोंके बीच क्यों अड्डा बनाता ? वह किस लिए भगवान वासुदेवके साथ वैर ठानता ? ॥ ६ ॥ जब कि भगवान कृष्णके हाथसे अप्रियकर्ता देवराज इन्द्र भी निस्तार नहीं पा सकते, तब इस प्रकार अप्रिय कार्य करके वह कैसे जीवित रहना चाहता है ? ॥ ७ ॥ जो भी हो, आज तो उसने हमें अपने प्राणनाथसे वियुक्त करके शोचनीय दशाको पहुँचाते हुए कालके हाथोंमें सौंप दिया है ॥ ८ ॥ वे स्त्रियाँ रोदन करतीं और बारम्बार ऐसा कहती हुई अकल्याण-जनक अश्रुधारा बहाने लगीं ॥ ९ ॥ उन नारियोंके सजल नयन वर्षाकालीन सलिलसिक्त कमलके समान शोभित हो रहे थे ॥ १० ॥ उन नेत्रोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानों वे रुधिरमें डूबे हुए हों ॥ ११ ॥ सहसा उन हजारों स्त्रियोंकी कुररीकी नाईं रोदनध्वनि सुनायी पड़नेके कारण सभी वीर यादव घबड़ाकर अपने-अपने घरोंसे बाहर निकल पड़े और परस्पर

सुदुर्मतेः ॥ वासुदेवस्य यः क्रोधमुत्पादयति दुःसहम् ॥ ५ ॥ व्यादितास्यस्य यो मृत्योर्दंष्ट्राग्रे परिवर्तते ॥ स वासुदेवं समरे मोहादभ्युदियाद्रिपुः ॥६॥ इदमेवंविधं कृत्वा विप्रियं यदुपुंगवे ॥ कथं जीवन्विमुच्येत साक्षादपि शचीपतिः ॥७॥ हृतनाथाः स्म शोच्याः स्म वयं नाथं विना कृताः ॥ विप्रयोगेन नाथस्य कृतान्तवशगाः कृताः ॥ ८ ॥ इत्येवं ता वदन्त्यश्च रुदन्त्यश्च पुनः पुनः ॥ नेत्रजं वारि मुमुचुरशिवं परमाङ्गनाः ॥ ९ ॥ तासां बाष्पाम्बुपूर्णानि नयनानि चकाशिरे ॥ सलिलेनाप्लुतानीव पङ्कजानि जलागमे ॥१०॥ तासामरालपक्ष्माणि राजयन्ति शुभानि च ॥ रुधिरेणाप्लुता-नीव नयनानि चकाशिरे ॥११॥ तासां हर्म्यतलस्थानां रुदन्तीनां महास्वनः ॥ कुररीणामिवाकाशे रुदतीनां सहस्रशः ॥१२॥ तं श्रुत्वा निनदं घोरमपूर्वं भयमागतम् ॥ उत्पेतुः सहसा स्वेभ्यो गृहेभ्यः पुरुषर्षभाः ॥१३॥ कस्मादेषोऽनिरुद्धस्य श्रूयते सुमहास्वनः ॥ गृहे कृष्णाभिगुप्तानां कुतो नो भयमा-गतम् ॥१४॥ इत्येवमूचुस्तेऽन्योन्यं स्नेहविक्लवगद्गदाः ॥ अधर्षिता यथा सिंहा गुहाभ्य इव निःसृता ॥१५॥ सन्नाहभेरी कृष्णस्य आहता महती तदा ॥ यस्याः शब्देन ते सर्वे समागम्य च धिष्ठिताः ॥१६॥ किमेदिति तेऽन्योन्यं समपृच्छन्त यादवाः ॥ अन्योन्यस्य हि ते सर्वे यथावृत्तमवेदयन् ॥१७॥ ततस्ते बाष्पपूर्णाक्षाः क्रोधसंरक्तलोचनाः ॥ निःश्वसंतो व्यतिष्ठन्त यादवा युद्धदुर्मदाः ॥१८॥ तूष्णींभूतेषु सर्वेषु विपृथुर्वाक्यमब्रवीत् ॥ कृष्णं

कहने लगे कि अनिरुद्धके भवनसे सहसा इस प्रकार रोदनका चीत्कार क्यों उठा ? ॥ १२ ॥ १३ ॥ हमलोग भगवान कृष्णके द्वारा अपनेको सुरक्षित समझते हैं। किन्तु यह रुदन सुनकर हमारे लिए भी भय उपस्थित हो गया है ॥ १४ ॥ ऐसा कहते हुए वे यादववीर, जैसे क्रुद्ध सिंह अपनी कन्दरासे बाहर निकलते हैं, उसी प्रकार अपने-अपने घरोंसे बाहर निकल आये ॥ १५ ॥ उसी समय भगवान कृष्णकी सभामें सन्नाह भेरी गड़गड़ा उठी। वह शब्द सुनकर सब लोग वहाँ जा पहुँचे ॥ १६ ॥ वहाँ उपस्थित सभी लोग परस्पर यही जिज्ञासा कर रहे थे कि यह कैसी घटना घट गयी ? तदनन्तर क्रमशः उन सबको वास्तविक वृत्तान्त ज्ञात हुआ ॥ १७ ॥ उस समय सभी यादवोंके नेत्रोंमें आँसू उमड़ आये और रोषवश सबके चेहरे लाल हो गये। सब युद्धदुर्मद यादव लम्बी साँसें लेते हुए निस्तब्ध खड़े रह गये ॥ १८ ॥ इस प्रकार सबके चुप हो जानेपर परम वीर तथा बारम्बार दीर्घ उच्छ्वास लेते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए भगवान कृष्णको सम्बोधित करके विपृथुने कहा—॥ १९ ॥ हे पुरुषोत्तम ! आप चिन्तातुर होकर बारम्बार लम्बी साँसें क्यों ले रहे हैं ? आपके बाहुबलसे सुरक्षित रहते हुए यादव निश्चिन्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं ॥ २० ॥ देवराज इन्द्रतक जय-पराजयका भार आपके ऊपर डालकर स्वर्गमें सुखकी नींद सोते हैं। तब आप क्यों चिन्ता करते हैं ? इस समय आपकी गतिविधि देखकर यादवगण घोरतर शोकसागरमें डूब गये हैं ॥ २१ ॥ २२ ॥ अब एकमात्र आप ही उनका उद्धार कर सकते हैं। ऐसी दशामें आप चिन्तातुर होकर चुप क्यों बैठे हुए हैं ? इस समय आपको इस प्रकार चिन्तित रहना उचित नहीं है। विपृथुके ऐसा कहनेपर क्षणभर बाद दीर्घ निःश्वास लेकर भगवान कृष्ण बृहस्पतिके समान गम्भीर वाणी बोले। उन्होंने कहा—हे विपृथो ! अब तक मैं बार-बार इसी विषयका सोच रहा था, किन्तु इसके प्रतीकारका कोई उपाय नहीं निश्चित कर सका। इसी कारण मैंने आपके

प्रहरतां श्रेष्ठं निःश्वसन्तं मुहुर्मुहुः ॥ १९ ॥ किमिदं चिन्तयाविष्टः पुरुषेन्द्र भवानिह ॥ तव बाहुबलप्राणमाश्रिताः सर्वयादवाः ॥ २० ॥ भवन्तमाश्रिताः कृष्ण संविभक्ताश्च सर्वशः ॥ तथैव बलवाञ्छक्रस्त्वय्यावेश्य जयाजयौ ॥२१॥ सुखं स्वपिति निःशङ्कः कथं त्वं चिन्तयाऽन्वितः ॥ शोकसागरमक्षोभ्यं सर्वे ते ज्ञातयो गताः ॥२२॥ तान्मज्जमानानेकस्त्वं समुद्धर महाभुज ॥ किमेवं चिन्तयाविष्टो न किंचिदपि भाषसे ॥ २३ ॥ चिन्तां कर्तुं वृथा देव न त्वमर्हसि माधव ॥ इत्येवमुक्तः कृष्णस्तु निःश्वस्य सुचिरं बहु ॥ २४ ॥ प्राह वाक्यं च वाक्यज्ञो बृहस्पतिरिव स्वयम् ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ विपृथो चिन्तयाविष्टो ह्येतत्कार्यमचिन्तयम् ॥ २५ ॥ विचिन्तयंस्त्वहं चास्य कार्यस्य न लभे गतिम् ॥ यथाऽहं भवताप्युक्तो नोत्तरं विदधे क्वचित् ॥ २६ ॥ दाशार्हगणमध्येऽहं वदाम्यर्थवतीं गिरम् ॥ शृणुध्वं यादवाः सर्वे यथा चिन्तान्वितो ह्यहम् ॥ २७ ॥ अनिरुद्धे हृते वीरे पृथिव्यां सर्वपार्थिवाः ॥ अशक्ता इति मंस्यन्ते सर्वानस्मान्सबान्धवान् ॥ २८ ॥ आहुकश्चैव नो राजा हृतः शाल्वेन वै पुरा ॥ प्रत्यानीतः स चास्माभिर्युद्धं कृत्वा सुदारुणम् ॥ २९ ॥ प्रद्युम्नश्चापि नो बालः शम्बरेण हृतो ह्यभूत् ॥ स तं निहत्य समरे प्राप्तो रुक्मिणिनन्दनः ॥ ३० ॥ इदं तु सुमहत्कष्टं प्राद्युम्निः क्व प्रवासितः ॥ नैवंविधमहं दोषं न स्मरे मनुजर्षभाः ॥ ३१ ॥ भस्मना गुण्ठितः पादो येन मे मूर्ध्नि पातितः ॥ तस्याहं सानुबन्धस्य हरिष्ये जीवितं रणे ॥ ३२ ॥ इत्येवमुक्ते कृष्णेन सात्यकिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ चाराः कृष्ण प्रणीयन्तामनिरुद्धस्य मार्गणे ॥ सपर्वतवनो-

वचनोंका कोई उत्तर नहीं दिया ॥ २३–२६ ॥ इस समय यहाँ प्रायः सभी यादव उपस्थित हैं। उनके मध्य मैं एक रहस्यभरी बात कहता हूँ, सुनिए ॥ २७ ॥ वीर अनिरुद्धका अपहरण हो जानेके कारण पृथिवीतलके सभी राजे हमको अकर्मण्य और अशक्त समझ लेंगे ॥२८॥ पूर्वकालमें शाल्वने हमारे राजा आहुकका अपहरण कर लिया था। तब मैंने घोर युद्ध करके उन्हें छुड़ा लिया और लौटा लाये ॥२९॥ बाल्यावस्थामें प्रद्युम्नको भी शम्बरासुर हर ले गया था। सो रुक्मिणीतनय प्रद्युम्न स्वयं युद्धमें उसको मारकर द्वारका लौट आये ॥३०॥ इस समय तो बहुत ही दुःखदायिनी परिस्थिति आ गयी है। अनिरुद्धको कौन कहाँ ले गया ? ऐसी घटना भी घट सकती है, इसकी मैंने स्वप्नमें भी कल्पना नहीं की थी ॥ ३१ ॥ जिस व्यक्तिने इस प्रकार राखभरा पैर मेरे मस्तकपर रक्खा है, मैं युद्धमें उसको वंश समेत नष्ट कर दूँगा ॥ ३२ ॥ भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर सात्यकि बोले—हे प्रभो ! आप अनिरुद्धको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खोजनेके लिए दूत भेजिए। वे दूतगण पर्वतों तथा वनप्रभृति समस्त पृथिवीपर पर्यटन करें और उन्हें खोजें ॥ ३३ ॥ सात्यकिके वचन सुनकर भगवान कृष्णने मुसकाकर आहुकको सम्बोधित करके कहा—हे राजन् ! अब विलम्ब न करके अनिरुद्धको खोजनेके लिए आभ्यन्तरिक तथा बाह्य गुप्तचरोंको शीघ्र भेजिए ॥ ३४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवानके वचन सुनते ही राजा आहुकने अश्वों तथा रथोंसहित दूतोंको भेजा और उनसे कह दिया कि बाहर-भीतर भलीभाँति अनिरुद्धकी खोज करो ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ घुड़सवार दूत लतावेष्टित एवं वेणुपरिवेष्टित रैवतक पर्वत—ऋक्षवान् गिरि आदि सभी स्थानोंमें जाकर ध्यानपूर्वक अन्वेषण करें ॥ ३७ ॥ सब लोग निःशंक चित्तसे समस्त उद्यानोंमें जाकर एक-एक स्थानका भली भाँति अनुसन्धान करें। तुम लोग हजारों रथों और अश्वोंपर सवार होकर तुरन्त प्रस्थान कर दो ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ उस समय सेनापति अनाधृष्टिने निर्भयभावसे भगवान कृष्णको

देशं मार्गन्तु वसुधामिमाम् ॥ ३३ ॥ आहुकं प्राह कृष्णस्तु स्मितं कृत्वा वचस्तदा ॥ आभ्यन्तराश्च बाह्याश्च व्यादिश्यन्तां चरा नृप ॥ ३४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ केशवस्य वचः श्रुत्वा आहुकस्त्वरितोऽब्रवीत् ॥ अन्वेषणेऽनिरुद्धस्य स चारान्दिष्टवांस्तदा ॥ ३५ ॥ ततश्चारास्तु व्यादिष्टाः पार्थिवेन यशस्विना ॥ हया रथाश्च व्यादिष्टाः पार्थिवेन महात्मना ॥ अभ्यन्तरं च मार्गध्वं बाह्यतश्च समन्ततः ॥ ३६ ॥ वेणुमन्तं लताविष्टं तथा रैवतकं गिरिम् ॥ ऋक्षवन्तं गिरिं चैव मार्गध्वं त्वरिता हयैः ॥ ३७ ॥ एकैकं तत्र चोद्यानं मार्गध्वं काननानि च ॥ यातव्यं चापि निःशङ्कमुद्यानानि समन्ततः ॥ ३८ ॥ हयानां च सहस्राणि रथानां चाप्यनेकशः ॥ आरुह्य त्वरिताः सर्वे मार्गध्वं यदुनन्दनम् ॥ ३९ ॥ सेनापतिरनाधृष्टिरिदं वचनमब्रवीत् ॥ कृष्णमक्लिष्टकर्माणमच्युतं भीतभीतवत् ॥ ४० ॥ शृणु कृष्ण वचो मह्यं रोचते यदि ते प्रभो ॥ चिरात्प्रभृति मे वक्तुं भवन्तं जायते मतिः ॥ ४१ ॥ असिलोमा पुलोमा च निसुन्दनरकौ हतौ ॥ सौभः शाल्वश्च निहतो मैन्दो द्विविद एव च ॥ ४२ ॥ हयग्रीवश्च सुमहान्सानुबन्धस्त्वया हतः ॥ तादृशे विग्रहे वृत्ते देवहेतोः सुदारुणे ॥ ४३ ॥ सर्वाण्येतानि कर्माणि निःशेषाणि रणे रणे ॥ कृतवानसि गोविन्द पार्ष्णिग्राहश्च नास्ति ते ॥ ४४ ॥ इदं कर्म त्वया कृष्ण सानुबन्धं महत्कृतम् ॥ पारिजातस्य हरणे यत्कृतं कर्म दुष्करम् ॥ ४५ ॥ तत्र शक्रस्त्वया कृष्ण ऐरावतशिरोगतः ॥ निर्जितो बाहुवीर्येण त्वया युद्धविशारदः ॥ ४६ ॥ तेन वैरं त्वया सार्द्धं कर्तव्यं नात्र संशयः ॥ वैरानुबन्धश्च महांस्तेन

सम्बोधित करके कहा—प्रभो ! मैं बड़ी देरसे एक बात कहना चाहता हूँ। सो कह रहा हूँ। यदि इच्छा हो तो सुनकर उसपर ध्यान दीजिए ॥४०॥४१॥ किसी समय आप असिलोमा, पुलोमा, निसुन्द, भौमासुर, नरकासुर, मैन्द, द्विविद और हयग्रीवको सपरिवार नष्ट कर चुके हैं। वे सभी युद्ध देवताओंके लिए ही हुए थे और आपने प्रत्येक युद्धको सुचारुरूपसे संचालित किया था। अब आपका पार्ष्णिग्राही शत्रु कोई भी नहीं रह गया है ॥४२–४४॥ पारिजातहरणके अवसरपर भी आपने बड़े बड़े दुष्कर कार्य किये थे ॥ ४५ ॥ उसीके उपलक्ष्यमें ऐरावतारोही तथा परम युद्धनिपुण देवराज इन्द्रको भी आपके हाथों पराजित होना पड़ा था ॥ ४६ ॥ मुझे ऐसा लगता है कि इन्द्रने ही पूर्व वैरका बदला चुकानेके लिए ऐसा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया है। उन्होंने ही अनिरुद्धका अपहरण किया है। नहीं तो भला आपके साथ और कौन इस प्रकार वैर करेगा ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ अनाधृष्टिके वचन सुनकर नागकी तरह श्वास लेते हुए श्रीकृष्ण बोले—सेनापते! ऐसा मत कहो। देवताओंकी ऐसी नीच प्रवृत्ति नहीं होती। वे इस तरह अकृतज्ञ, पौरुषहीन, गर्वित और मूर्ख नहीं होते ॥ ४९ ॥ ५० ॥ मैं उनके निमित्त दानवोंका विनाश करनेके लिए सदा उद्यत रहता हूँ और उनकी प्रसन्नतार्थ रणमें बड़े बड़े अभिमानियोंको समाप्त कर देता हूँ ॥ ५१ ॥ विशेष करके मैं देवभक्त, देवपरायण और देवगत प्राण हूँ। ऐसी दशामें यह कैसे सम्भव हो सकता है कि वे मुझ जैसे उपकारीका अपकार करें ॥५२॥ देवता क्षुद्र नहीं होते, बल्कि सत्यवादी और भक्तानुग्रही होते हैं। उनमें पाप नहीं रहता। तुम्हें उनकी महिमा नहीं मालूम है। इसीसे ऐसा कह रहे हो ॥ ५३ ॥ मुझे ऐसा लगता है कि किसी पुंश्चली स्त्रीने यह कार्य किया है। इन्द्र आदि देवता कदापि ऐसा

कार्यस्त्वया सह ॥ ४७ ॥ तत्रानिरुद्धहरणं कृतं मघवता स्वयम् ॥ न ह्यन्यस्य भवेच्छक्तिर्वैरनिर्यातनं प्रति ॥ ४८ ॥ इत्येवमुक्ते वचने कृष्णो नाग इव श्वसन् ॥ उवाच वचनं धीमाननाधृष्टिं महाबलम् ॥ ४९ ॥ सेनानीस्तात मा मैवं न देवाः क्षुद्रकर्मिणः ॥ नाकृतज्ञा न च क्लीबा नावलिप्ता न बालिशाः ॥ ५० ॥ देवतार्थं च मे यत्नो महान्दानवसंक्षये ॥ तेषां प्रियार्थं च रणे हन्मि दृप्तान्महाबलान् ॥ ५१ ॥ तत्परस्तन्मनाश्चास्मि तद्भक्तस्तत्प्रिये रतः ॥ कथं पापं करिष्यन्ति विज्ञायैवंविधं हि माम् ॥ ५२ ॥ अक्षुद्राः सत्यवन्तश्च नित्यं भक्तानुकम्पिनः ॥ तेभ्यो न विद्यते पापं बालिशत्वात्प्रभाषसे ॥ ५३ ॥ कदाचिदिह पुंश्चल्या अनिरुद्धो हृतो भवेत् ॥ देवेषु समहेन्द्रेषु नैतत्कर्म विधीयते ॥ ५४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं चिन्तयमानस्य कृष्णस्याद्भुतकर्मणः ॥ कृष्णस्य वचनं श्रुत्वा ततोऽक्रूरोऽब्रवीद्वचः ॥ ५५ ॥ मधुरं श्लक्ष्णया वाचा अर्थवाक्यविशारदः ॥ यच्छक्रस्य प्रभो कार्यं तदस्माकं विनिश्चितम् ॥ ५६ ॥ अस्माकं चापि यत्कार्यं तद्धि कार्यं शचीपतेः ॥ संरक्ष्याश्च वयं देवैरस्माभिश्चापि देवताः ॥ देवतार्थं वयं चापि मानुषत्वमुपागताः ॥ ५७ ॥ एवमक्रूरवचनैश्चोदितो मधुसूदनः ॥ स्निग्धगम्भीरया वाचा पुनः कृष्णोऽभ्यभाषत ॥ ५८ ॥ नायं देवैर्न गन्धर्वैर्न यक्षैर्न च राक्षसैः ॥ प्रद्युम्नपुत्रोऽपहृतः पुंश्चल्या नु महायशाः ॥ ५९ ॥ मायाविदग्धाः पुंश्चल्यो दैत्यदानवयोषितः ॥ ताभिर्हृतो न संदेहो नान्यतो विद्यते भयम् ॥ ६० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्येवमुक्ते वचने कृष्णेन तु महात्मना ॥ अथावगम्य तत्त्वेन यद्भूतं यदुमण्डले

कार्य न करेंगे ॥ ५४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! अद्भुतकर्मा कृष्णके इस प्रकार सुचिन्तित वचन सुनकर अक्रूरने कहा—भगवन्! त्रिलोकपति इन्द्रका काम हमलोग भली भाँति जानते हैं और हमारे कामोंको वे जानते हैं। वे हमारी रक्षा करते हैं और हम उनकी। देवताओंकी कार्यसिद्धिके लिए ही हम लोगोंने मानव जन्म पाया है ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ अक्रूरके ऐसा कहनेपर मधुसूदन भगवानने स्निग्ध और गम्भीर वाणीमें बोलते हुए कहा—॥ ५८ ॥ यह कार्य किसी देवता, गन्धर्व, यक्ष तथा राक्षसका नहीं है। अवश्य किसी कुलटा स्त्रीने प्रद्युम्नतनय महायशस्वी अनिरुद्धका अपहरण किया है ॥ ५९ ॥ क्योंकि दैत्यों और दानवोंकी कुलटा स्त्रियाँ बड़ी मायाविनी होती हैं। अतएव यह उन्हींका काम है। अन्य किसीके द्वारा ऐसा नहीं हो सकता ॥ ६० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! महात्मा कृष्णके ऐसा कहनेपर सभी लोगोंको तथ्यका ज्ञान होगया, जिससे उनका प्रशंसासूचक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महान् कोलाहल होने लगा और सूत, मागध, बन्दीजन प्रभृति लोगोंने सुमधुर स्तुति आरम्भ कर दी ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ उसी समय अनिरुद्धकी खोजमें गये हुए दूत लौट आये और वे सब सभाद्वारपर खड़े होकर मृदु स्वरमें कहने लगे—॥ ६३ ॥ हे महाराज ! हमने उद्यान, सभा, पर्वत, कन्दरा, नदी, सरोवर प्रभृति सभी स्थानोंकी सौ-सौ बार खोज की, पर अनिरुद्धका कहीं पता नहीं लगा ॥ ६४॥ हे यदुनन्दन ! अब श्रीमान्‌की यदि कोई आज्ञा हो तो बताइए। यह कहकर वे दूत खेदभरे मनसे बाष्पपूर्ण नयनों द्वारा परस्पर एक दूसरेका मुँह निहारते हुए कहने लगे कि अब क्या होगा ? ॥६५–६७॥ उनमें कुछ दाँतोंसे होंठ दबाये हुए थे, कुछके नेत्र सजल थे और कुछ भृकुटी चढ़ाकर खड़े-खड़े कार्यसिद्धिके विषयमें सोच रहे थे ॥६८॥ इसी विषयमें परस्पर वार्तालाप करते हुए सब यही सोच रहे थे कि अनिरुद्ध कहाँ गये। ऐसा होनेसे एक प्रकारके कोलाहलका वातावरण व्याप्त हो गया ॥ ६९ ॥ उधर सभी यादव

॥ ६१ ॥ हर्षयन्स तु सर्वेषां सूतमागधवन्दिनाम् ॥ मधुरः श्रूयते घोषो माधवस्य निवेशने ॥ ६२ ॥ ते चाराः सर्वतः सर्वे सभाद्वारमुपागताः ॥ शनैर्गद्गदया वाचा इदं वचनमब्रुवन् ॥ ६३ ॥ उद्यानानि गुहाः शैलाः सभा नद्यः सरांसि च ॥ एकैकं शतशो राजन्मार्गितं न च दृश्यते ॥ ६४ ॥ अन्ये कृष्णं चरा राजन्नुपागम्य तदाऽब्रुवन् ॥ सर्वे नो विदिता देशाः प्राद्युम्निर्न च दृश्यते ॥ ६५ ॥ यदन्यत्संविधातव्यं विधानं यदुनन्दन ॥ तदाज्ञापय नः क्षिप्रमनिरुद्धस्य मार्गणे ॥ ६६ ॥ ततस्ते दीनमनसः सर्वे बाष्पाकुलेक्षणाः ॥ अन्योन्यमभ्यभाषन्त किमतः कार्यमुत्तरम् ॥ ६७ ॥ संदष्टोष्ठपुटाः केचित्केचिद्बाष्पाकुलेक्षणाः ॥ केचिद्भृकुटिमास्थाय चिन्तयन्त्यर्थसिद्धये ॥६८॥ एवं चिन्तयतां तेषां बह्वर्थमभिभाषितम् ॥ अनिरुद्धः कुतश्चेति संभ्रमः सुमहानभूत् ॥ ६९ ॥ अन्योन्यमभिवीक्षन्ते यादवा जातमन्यवः ॥ तां निशां विमनस्कास्ते गमयेयुः कथंचन ॥ अनिरुद्धो हृतश्चेति पुनः पुनररिन्दिम ॥ ७० ॥ एवं च ब्रुवतां तेषां प्रभाता रजनी तदा ॥ ततस्तूर्यनिनादैश्च शङ्खानां च महास्वनैः ॥ प्रबोधनं महाबाहोः कृष्णस्याक्रियतालये ॥७१ ॥ ततः प्रभाते विमले प्रादुर्भूते दिवाकरे ॥ प्रविवेश सभामेको नारदः प्रहसन्निव ॥७२॥ दृष्ट्वा तु यादवान्सर्वान्कृष्णेन सह संगतान् ॥ ततः स जयशब्देन माधवं प्रत्यपूजयत् ॥ ७३ ॥ अथाभ्युत्थाय विमनाः कृष्णः समितिदुर्जयः ॥ मधुपर्कं च गां चैव नारदाय ददौ प्रभुः ॥ ७४ ॥ सोपविश्यासने शुभ्रे सर्वास्तरणसंवृते ॥ सुखासीनो यथान्यायमुवाचेदं वचोऽर्थवत् ॥ ७५ ॥ नारद उवाच ॥ किमेवं चिन्त-

अलग क्रुद्धभावसे परस्पर एक दूसरेका मुख देखते हुए किंकर्तव्यविमूढ़ हो रहे थे। इस प्रकार दुखी रहनेके कारण उनकी वह रात्रि बड़ी कठिनाईसे बीती। बार-बार वे यही कह रहे थे कि हमारा अनिरुद्ध हर गया ? ॥ ७० ॥ प्रातःकाल भगवान कृष्णके द्वारपर निद्राभंगसूचक तुड़ही तथा शंख आदि वाद्य बजने लगे। तब निद्रा त्यागकर वे उठे ॥ ७१ ॥ तभी निर्मल प्रभासम्पन्न सूर्यभगवान उदित हुए। तदनन्तर नियमानुसार सब यादव सभाभवनमें पहुँचे। उसी समय सहास्य मुख नारदजी भी सभाभवनसे पहुँच गये ॥ ७२ ॥ पहुँचते ही उन्होंने जयजयकार करके श्रीकृष्णका अभिनन्दन किया। तब उग्रसेन आदि सभामें उपस्थित यादवोंने भी उनका प्रत्यभिनन्दन किया और विमनस्क भगवान कृष्णने उन्हें मधुपर्क तथा गोदान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिया ॥ ७३ ॥ ७४ ॥ तत्पश्चात् उत्कृष्ट आस्तरणसे संवृत शुभ्र आसनपर बैठकर उन्होंने कहा ॥ ७५ ॥ नारदजी बोले—आज आपलोग क्लीब पुरुषोंकी तरह उत्साहहीन होकर चिन्ताकुल चित्त तथा अन्यमनस्क भावसे क्यों बैठे हुए हैं ? ॥७६॥ नारदजीके ऐसा कहनेपर भगवान कृष्णने उन्हें सम्बोधित करके कहा—भगवन् ! मैं अपनी व्याकुलताका कारण बताता हूँ, सुनिए—॥ ७७ ॥ हे ब्रह्मन् ! रात्रिके समय कोई अनिरुद्धको उठा ले गया है। उसका पता अब तक नहीं लग सका। इसी कारण हमलोग इतने चिन्तित हैं ॥ ७८ ॥ यदि आप इस विषयमें कुछ जानते हों और कहीं कुछ देखा-सुना हो तो बताइए। वह सुनकर हमें बड़ी प्रसन्नता होगी ॥७९॥ महात्मा कृष्णके ऐसा कहनेपर नारदजीने मुसकाकर कहा—हे मधुसूदन ! मैं बता रहा हूँ, सुनिए ॥८०॥ अकेले अनिरुद्धके साथ दैत्यराज बाणासुरका देवासुरसंग्रामके समान भीषण युद्ध आरम्भ हो गया है ॥८१॥ उस अतुलपराक्रमी बाणासुरकी उषा नामकी एक

याविष्टा निःसङ्गा गतमानसाः ॥ उत्साहहीनाः सर्वे वै क्लीबा इव समासते ॥ ७६ ॥ इत्येवमुक्ते वचने नारदेन महात्मना ॥ वासुदेवोऽब्रवीद्वाक्यं श्रूयतां भगवन्निदम् ॥ ७७ ॥ अनिरुद्धो हृतो ब्रह्मन्केनापि निशि सुव्रत ॥ तस्यार्थे सर्व एवास्म चिन्तयाविष्टचेतसः ॥ ७८ ॥ एष ते यदि वृत्तान्तः श्रुतो दृष्टोऽपि वा मुने ॥ भगवन्कथ्यतां साधु प्रियमेतन्ममानघ ॥ ७९ ॥ इत्येवमुक्ते वचने केशवेन महात्मना ॥ प्रहस्यैतद्वचः प्राह श्रूयतां मधुसूदन ॥ ८० ॥ निवृत्तं सुमहद्युद्धं देवासुरसमं महत् ॥ अनिरुद्धस्य चैकस्य बाणस्यापि महामृधे ॥ ८१ ॥ उषा नाम सुता तस्य बाणस्याप्रतिमौजसः ॥ तस्यार्थे चित्रलेखां वै जहाराशु तमप्सराः ॥ ८२ ॥ उभयोरपि तत्रासीन्महायुद्धं सुदारुणम् ॥ प्राद्युम्निबाणयोः संख्ये बलिवासवयोरिव ॥ ८३ ॥ अस्माभिश्चापि तद्युद्धं दृष्टं सुमहदद्भुतम् ॥ अनिरुद्धो भयात्तेन संयुगेष्वनिवर्तिना ॥ ८४ ॥ बाणेन मायामास्थाय बद्धो नागैर्महाबलः ॥ व्यादिष्टस्तु वधस्तस्य बाणेन गरुडध्वज ॥ ८५ ॥ तं निवारितवान्मन्त्री कुम्भाण्डो नाम तस्य ह ॥ कुमारस्यानिरुद्धस्य तेनासक्तेन संयुगे ॥ ८६ ॥ बाणेन मायामास्थाय सर्पैर्नियमनं कृतम् ॥ उत्तिष्ठतु भवाञ्छीघ्रं यशसे विजयाय च ॥ ८७ ॥ नायं संरक्षितुं कालः प्राणांस्तात जयैषिणाम् ॥ प्राणैः किंचिद्गतैर्वीरो धैर्यमालम्ब्य तिष्ठति ॥ ८८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्येवमुक्ते वचने वासुदेवः प्रतापवान् ॥ प्रायात्रिकान्वै संभारानाज्ञापयत वीर्यवान् ॥ ८९ ॥ ततश्चन्दनपूर्णैश्च लाजैश्चैव समन्ततः ॥ निर्ययौ स महाबाहुः कीर्यमाणो जनार्दनः ॥ ९० ॥ नारद उवाच ॥ स्मरणं वैनते-

कन्या है। उसी उषाके लिए अप्सरा चित्रलेखा अनिरुद्धको हर ले गयी है ॥ ८२ ॥ अतएव उन प्रद्युम्नतनय और बाणासुरमें बलि तथा इन्द्रके सदृश भयानक युद्ध हुआ ॥ ८३ ॥ मैंने अपनी आँखों वह अद्भुत युद्ध देखा है। जब दानवराज बाणासुर उन्हें युद्धमें पराजित नहीं कर सका, तब उसने मायायुद्धका आश्रय लेकर अनिरुद्धको नागपाशमें बाँध लिया। तदनन्तर उसने उन्हें मार डालनेका आदेश दिया ॥ ८४ ॥ ८५ ॥ किन्तु उसके मन्त्री कुम्भाण्डने प्राणदण्ड रोक रक्खा है। अब भी वह बालक नागपाशमें बँधा पड़ा है। अब आप कीर्तिलाभ तथा युद्धमें विजय प्राप्त करनेके लिए शीघ्र उठ खड़े हों ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ विजयके इच्छुक व्यक्तियोंके लिए यह उपेक्षाका समय नहीं है। प्राणसङ्कटके अवसरपर वीर पुरुष धैर्यका अवलम्बन करते हैं ॥ ८८ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! नारदकी वार्ता समाप्त होते ही परम प्रतापशाली भगवान कृष्णने तत्काल समरोपयोगी सामान जुटानेका आदेश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिया और स्वयं युद्धके लिए चल पड़े ॥ ८९ ॥ प्रस्थानके समय भगवानपर चारों ओरसे सुगन्ध, चन्दन और धानके लावाकी वर्षा होने लगी ॥ ९० ॥ नारदजीने कहा—हे माधव ! आप विनतानन्दन गरुड़का स्मरण करिए। इतना लम्बा रास्ता आप किसी अन्य उपायसे शीघ्र न तै कर सकेंगे ॥ ९१ ॥ वह मार्ग बड़ा भयानक है । इस समय अनिरुद्ध जिस शोणितपुरमें विद्यमान हैं, वह स्थान यहाँसे ग्यारह हजार योजनसे कम न होगा । प्रतापशाली गरुड़ बड़े बलवान्, पराक्रमी और मनके सदृश वेगवान् हैं । पक्षिराज आपको एक मुहूर्तके भीतर ही वहाँ पहुँचा देंगे । अतएव आप उन्हींका आह्वान करिए ।।९२–९४।। वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! नारदके वचन सुनकर श्रीकृष्णने गरुड़का स्मरण किया । स्मरण करते ही वे आ पहुँचे और हाथ जोड़कर खड़े हो गये ।।९५।। भगवानको प्रणाम करनेके बाद गरुड़ मधुर वाणीमें बोले—हे पद्मनाभ ! हे महाबाहो ! आपने किस लिए मेरा स्मरण किया है ? वह कौनसा कार्य

यस्य कर्तुमर्हसि माधव ॥ न ह्यन्येन तदध्वानं शक्यं गन्तुं महाभुज ॥ ९१ ॥ आकर्णय तमध्वानं गन्तव्यमतिदुर्जयम् ॥ एकादश सहस्राणि योजनानां जनार्दन ॥ ९२ ॥ तदितः शोणितपुरं प्राद्युम्निर्यत्र साम्प्रतम् ॥ मनोजवो महावीर्यो वैनतेयः प्रतापवान् ॥ ९३ ॥ समाह्वयस्व गोविन्द स हि त्वां तत्र नेष्यति ॥ एकेन सुमुहूर्तेन बाणं संदर्शयिष्यति ॥ ९४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा सस्मार गरुडं तदा ॥ स कृष्णंपार्श्वमागम्य प्राञ्जलिर्गरुडः स्थितः ॥ ९५ ॥ प्रणम्याथ वचः प्राह वैनतेयो महाबलः ॥ वासुदेवं महात्मानं श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥ ९६ ॥ गरुड उवाच ॥ पद्मनाभ महाबाहो किमर्थं संस्मृतो ह्यहम् ॥ कृत्यं ते यदिहात्रास्ति श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥९७॥ कस्य पक्षपरिक्षेपैर्नाशयामि पुरीं प्रभो ॥ प्रभावात्तव गोविन्द को न विद्याद्बलं मम ॥ ९८ ॥ गदावेगं च ते वीर चक्राग्निं च महाभुज ॥ नावबुध्यति मूढात्मा को दर्पान्नाशमेष्यति ॥ ९९ ॥ हलं सिंहमुखं कस्य वनमाली नियोक्ष्यति ॥ कस्य देहस्तु निर्भिन्नो मेदिनीं यास्यति प्रभो ॥ १०० ॥ कस्य शंखरवैः प्राणान्मोहयिष्यसि माधव ॥ कोऽयं सपरिवारोऽद्य यास्यते यमसादनम् ॥ १०१ ॥ एवमुक्ते तु वचने वैनतेयेन धीमता ॥ वासुदेवो वचः प्राह शृणु त्वं वदतां वर ॥ १०२ ॥ बलेः पुत्रेण बाणेन प्राद्युम्निरपराजितः ॥ उषायाः कारणे बद्धो नगरे शोणिताह्वये ॥ अनिरुद्धस्तु कामार्तो बद्धो नागैर्विषोल्बणैः ॥ १०३ ॥ तस्य मोक्षार्थमाहूतो मया त्वं पतगेश्वर ॥ तव वेगसमो नास्ति पक्षिणां प्रवरो भवान् ॥ अशक्यं च तदध्वानं गन्तुमन्येन काश्यप ॥ १०४ ॥

है ? मैं जानना चाहता हूँ ॥ ९६ ॥ ९७ ॥ अपने पक्षविक्षेपसे मैं किसका नगर विनष्ट कर दूँ ? हे गोविन्द ! आपकी कृपासे मेरे पराक्रमका सब लोग जानते हैं ॥ ९८ ॥ आपकी गदा तथा चक्राग्निके प्रभावसे अपरिचित कौन पापी मरनेके लिए उद्यत है ? ॥ ९९ ॥ आप किसके ऊपर सिंहमुख हलास्त्रका प्रहार करेंगे ? उसके द्वारा किसका शरीर छिन्न-भिन्न होकर धरातलपर गिरेगा ? ॥ १०० ॥ आज आप अपनी शंखध्वनिसे किसके प्राणोंको मोहमें डालेंगे ? कौन आज सपरिवार यमपुरीको पयान करेगा ? ॥ १०१ ॥ बुद्धिमान् गरुड़के ऐसा कहनेपर भगवान कृष्णने कहा—पक्षिराज ! मैं बताता हूँ, सुनो ॥ १०२ ॥ प्रद्युम्नकुमार अनिरुद्ध उषाके लिए शोणितपुर गये हुए हैं । वहाँ बलिपुत्र बाणासुरने उन्हें कैद कर लिया है । वह कामार्त बालक इस समय विषैले सर्पोंके बन्धनके जकड़ा पड़ा है ॥ १०३ ॥ हे पतगराज ! उसको मुक्त करानेके लिए ही मैंने तुम्हें बुलाया है । तुम सब पक्षियोंसे श्रेष्ठ हो ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तुम्हारे सदृश वेगवान् और कोई भी नहीं है । इतनी दूरका रास्ता तै करना दूसरेके लिए असम्भव है ॥ १०४ ॥ हे कश्यपतनय ! तुम मुझे शीघ्र वहाँ पहुँचाओ, जहाँ अनिरुद्ध हैं । तुम्हारी वैदर्भी पुत्रवधू अपने पुत्रके लिए बहुत रो रही है ॥ १०५ ॥ तुम्हारी कृपासे आज वह अपना पुत्र प्राप्त कर लेगी । पूर्वकालमें तुम मेरे साथ जाकर अमृत लाये थे ॥ १०६ ॥ तुम मेरी ध्वजा हो । सभी यादव तुम्हारे ऊपर श्रद्धा रखते हैं । हे पतगेश्वर ! आज तुम मेरी मित्रता तथा भक्तिका सम्मान करो ॥ १०७ ॥ पक्षियोंमें तुम्हारे तुल्य वेगवान् और कोई पक्षी नहीं है । हे सुपर्ण ! मैं अपनी सुकृतिकी शपथ खाकर कहता हूँ कि पूर्वकालमें अकेले मैंने तुम्हारी माताको दासीभावसे मुक्त किया था । तुमने भी अपने पंखकी मारसे बहुतेरे योद्धाओंको मारा है । अतएव इस समय तुम सब देवताओंके साथ मुझे अपनी पीठपर बैठाकर उस दुर्गम मार्गपर गमन करो । हमारी विजय तुम्हारे ही

तत्र प्रापय मां शीघ्रं यत्र प्राद्युम्निरावसत् ॥ वैदर्भी ते स्नुषा वीर रुदती पुत्रगर्धिनी ॥ १०५ ॥ त्वत्प्रसादाद्भवत्येषा पुत्रेण सह भामिनी ॥
अमृतं तु हृतं पूर्वं त्वया पन्नगनाशन ॥ १०६ ॥ मया सह समागम्य तस्मिन्काले महाभुज ॥ अभवन्मे ध्वजश्चैव त्वद्भक्ताः सर्ववृष्णयः ॥
सखित्वं मानयस्वाद्य भक्तिं च पतगेश्वर ॥ १०७ ॥ तव वेगसमो नास्ति पक्षिणो न च ते समाः ॥ सुपर्ण सुकृतेन त्वां शपे पन्नगनाशन
॥ १०८ ॥ दासीभावं गता माता मोक्षितैकाकिना पुरा ॥ पक्षविक्षेपमाश्रित्य हता योधास्त्वया पुरा ॥ १०९ ॥ भवान्सुरगणान्सर्वान्पृष्ठमारोप्य
विक्रमात् ॥ गच्छ मे ह्यगमान्देशान्विजयश्च तवाश्रयात् ॥ ११० ॥ गुरुत्वान्मेरुतुल्यस्त्वं लघुत्वात्पवनोपमः ॥ भूते भव्ये भविष्ये च न ते
तुल्योऽस्ति विक्रमे ॥ १११ ॥ सत्यसन्ध महाभाग वैनतेय महाद्युते ॥ अनिरुद्धे क्षणेनाद्य साहाय्यमुपकल्प्यताम् ॥ ११२ ॥ गरुड उवाच ॥
अत्यद्भुतमिदं वाक्यं तव कृष्ण महाभुज ॥ त्वत्प्रसादाच्च विजयः सर्वत्रैव महाभुज ॥ ११३ ॥ धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्म संस्तवान्मधु-
सूदन ॥ स्तोतव्यस्त्वं मया कृष्ण स्तौषि मां त्वं महाभुज ॥ ११४ ॥ वेदाध्यक्षः सुराध्यक्षः सर्वकामप्रदो भवान् ॥ अमोघदर्शनस्त्वं
हि वरार्थीनां वरप्रदः ॥ ११५ ॥ चतुर्भुजश्चतुर्मूर्तिश्चातुर्होत्रप्रवर्तकः ॥ चातुराश्रम्यहोता च चतुर्नेता महाकविः ॥ ११६ ॥ धनुर्धरश्च-

अधीन है ॥ १०८–११० ॥ तुम गुरुत्वमें सुमेरु तथा लघुत्वमें पवनके समान हल्के हो । भूत, भविष्य तथा वर्तमानकालमें कोई भी तुम्हारे सदृश पराक्रमी नहीं है ॥ ११' ॥ अतएव हे सत्यप्रतिज्ञ ! हे महाभाग ! हे वैनतेय ! आज अनिरुद्धके निमित्त इसी क्षण मेरी सहायता करो ॥ ११२ ॥ तब गरुड़ने भगवानसे कहा—हे महाबाहो कृष्ण ! आपकी बातें बड़ी अद्भुत हैं । मैं आपकी कृपासे ही सर्वत्र विजयी होता आया हूँ ॥ ११३ ॥ आपने मुझे ऐसा कहा, इससे ही मैं धन्य और कृतकृत्य हो गया । हे मधुसूदन ! मुझे आपकी स्तुति करनी चाहिए । सो आप उलटे मेरी स्तुति कर रहे हैं ॥ ११४ ॥ आप वेदाध्यक्ष, सुराध्यक्ष और सर्वकामप्रद हैं । आपका दर्शन कभी व्यर्थ नहीं जाता । आपसे जो व्यक्ति जिस वस्तुके लिए प्रार्थना करता है, आप उसे वह वस्तु प्रदान करते हैं ॥ ११५ ॥ आप चतुर्भुज और चतुर्मूर्ति हैं । आपके द्वारा ही चातुर्होत्र यज्ञ सम्पन्न होता है । चारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आश्रमोंके कर्तव्य कर्मोंको आप जानते हैं। आप चारों पुरुषार्थोंके दाता तथा महाकवि हैं ॥ ११६ ॥ आप धनुर्धर, शंखधर, गदाधर, चक्रधर, भूमिधर, लांगलधर और मुसलधरके नामसे विख्यात हैं। आपने देवकीके गर्भसे जन्म लिया और गोप्रिय कहलाकर चाणूरमथन तथा कंसघाती बने ॥ ११७ ॥ ११८ ॥ आपने गौ और गोपोंकी रक्षाके लिए गोवर्धन धारण किया। आप मल्लादि, मल्लप्रिय तथा महापुरुष बनकर मल्लोंका आदर करते हैं ॥ ११९ ॥ आप विप्रप्रिय, विप्रहित, विप्रज्ञ, विप्रभावन, ब्रह्मण्य, वरेण्य, दामोदर, प्रलम्बमथन, केशिहा और दानवान्तक हैं ॥१२०॥ आप असिलोमा, रावण तथा बलिके नाशक हैं। विभीषणको राज्य आपने ही दिया था ॥१२१॥ आप सुग्रीवके राजदाता तथा बलिके राज्यहारी हैं। आप रत्नहर्ता, महारत्न, समुद्रोदरसंभव एवं वरुण नामसे विख्यात हैं। सब नदियोंकी उत्पत्ति आपसे ही हुई है। आप खड्गधारी, धनुर्धारी तथा धनुर्धारियोंके अग्रणी हैं ॥१२२॥१२३॥

चक्रधरो भवाञ्छंखधरो महान् ॥ भवान्पूर्वेषु देहेषु ख्यातो भूमिधरः प्रभो ॥११७॥ लाङ्गली मुसली चक्री देवकीतनयो भवान् ॥ चाणूरमथनश्चैव गोप्रियः कंसहा भवान् ॥ ११८ ॥ गोवर्धनधरश्चैव मल्लारिर्मल्लभावनः ॥ मल्लप्रियो महामल्लो महापुरुष इत्यपि ॥११९॥ विप्रप्रियो विप्रहितो विप्रज्ञो विप्रभावनः ॥ ब्रह्मण्यश्च वरेण्यश्च भवान्दामोदरः स्मृतः ॥ प्रलम्बमथनश्चैव केशिहा दानवान्तकः ॥ १२० ॥ असिलोम्नश्च हन्ता च तथा रावणनाशनः ॥ विभीषणस्य भवान्राज्यदो वालिनाशनः ॥ १२१॥ सुग्रीवराज्यदाता त्वं बलिराज्यापहारकः ॥ रत्नहर्ता महारत्नं समुद्रोदरसंभवः ॥ १२२ ॥ वरुणश्च भवान्ख्यातो भवांश्च सरिदुद्भवः ॥ भवान्खड्गधरो धन्वी धनुर्धरवरो महान् ॥ १२३ ॥ दाशार्ह इति विख्यातो महाधन्वा धनुः-प्रियः ॥ गोविन्द इति विख्यात उदधिस्त्वं च सुव्रत ॥१२४॥ आकाशश्च तमश्चैव समुद्रमथनो भवान् ॥ भवान्स्वर्गो वहुफलो भवान्स्वर्गोचरो महान् ॥ १२५ ॥ त्वमेव च महामेघो बीजनिष्पत्तिरेव च ॥ त्रैलोक्यमथनस्त्वं च क्रोधलोभमनोरथाः ॥ १२६ ॥ भवान्कामप्रदश्चैव कामः सर्वधनुर्धरः ॥ संवर्तो वर्तनश्चैव प्रलयो निलयो महान् ॥ १२७ ॥ हिरण्यगर्भो रूपज्ञो रूपवान्मधुसूदनः ॥ ईशस्त्वं च महादेव असंख्येयगुणान्वितः ॥ १२८ ॥ स्तोतुमिच्छसि मां देव स्तोतव्यस्त्वं यदूत्तम ॥ चक्षुषा ये त्वया घोराः प्राणिनो हि निरीक्षिताः ॥१२९॥ हतास्ते यमदण्डेन तिर्यङ्निरयगामिनः ॥ ये त्वया परमप्रीत्या प्राणिनो वै निरीक्षिताः ॥ १३० ॥ इह च प्रेत्य ते सर्वे सर्वथा स्वर्गगामिनः ॥ एष तेऽहं महाबाहो वशगः शासने स्थितः

आप दाशार्ह तथा गोविन्दनामसे विख्यात हैं। आप ही समुद्र भी हैं ॥ १२४ ॥ आप आकाश, तम, समुद्रमथन, बहुफलप्रद, स्वर्गचर और महान् हैं ॥ १२५ ॥ आप बीजोत्पादक महामेघ तथा त्रिलोकमथन हैं। आप ही क्रोध, लोभ और मनोरथ हैं ॥ १२६ ॥ आप कामप्रद, काम, धनुर्धारियोंमें श्रेष्ठ, संवर्त, सृष्टि, स्थिति और प्रलय हैं। आप हिरण्यगर्भ, रूपज्ञ, रूपवान्, मधुसूदन, ईश और असंख्य गुणोंसे सम्पन्न महादेव हैं ॥ १२७ ॥ १२८ ॥ हे देव! आप मेरी स्तुति करना चाहते हैं, किन्तु वास्तवमें स्वयं स्तुतिके योग्य हैं। आप जिन पापियोंपर एक बार कोपदृष्टि कर देते हैं, वे तत्काल यमदण्डसे निहत होकर नरक अथवा तिर्यग्योनिमें जा पहुँचते हैं। इसके विपरीत जिनपर आपकी कृपादृष्टि हो जाती है, वे इहलोकमें दिव्य सुखोंका उपभोग करके अन्तमें स्वर्गगामी होते हैं। हे महाबाहो! मैं आपका आज्ञाकारी सेवक हूँ। जो इच्छा हो, वह आज्ञा दीजिए ॥ १२९-१३१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे महाराज ! तदनन्तर महाबली गरुड़ने जयजयकार की और श्रीकृष्ण भगवानको सम्बोधित करके कहा—हे महावीर ! मैं आपके समक्ष खड़ा हूँ । आइए, मेरे ऊपर सवार होइए ॥१३२॥ तब भगवानने उन्हें गलेसे लगाकर कहा—हे सखे ! शत्रुविनाशके लिए यह अर्घ्य स्वीकार करो ॥ १३३ ॥ ऐसा कहकर शंखचक्रगदाधारी भगवान कृष्ण परम आनन्दके साथ अर्घ्य अर्पण करके बगलमें उपस्थित गरुड़की पीठपर सवार हो गये । वे बलवान् और विजयी श्रीकृष्ण उस समय बड़े सुन्दर लग रहे थे । उनके केश काले-काले थे और उनका वर्ण श्याम था ॥ १३४ ॥ १३५ ॥ वे चतुर्दंष्ट्र, चतुर्बाहु, छहों अङ्गों समेत चारों वेदोंके ज्ञाता, श्रीवत्साङ्कित, ऊर्ध्वरोमा तथा मृदु त्वचा संयुक्त थे ॥ १३६ ॥ उनकी उँगलियाँ और नख समान थे । उनके नख तथा उँगलियोंका अन्तर रक्त वर्णका था । उनका शब्द स्निग्ध और गम्भीर था । उनकी भुजायें वृत्ताकार तथा विशाल थी ॥ १३७ ॥ वे आजानुबाहु थे ।

॥ १३१ ॥ जयस्थानं ततः कृत्वा गरुडः प्राह केशवम् ॥ अयमस्मि स्थितो वीर आरुहस्व महाबल ॥ १३२ ॥ ततः कण्ठे परिष्वज्य माधवो
गरुडं ततः ॥ सखे शत्रुविनाशाय अर्घ्योऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ १३३ ॥ दत्त्वाऽर्घ्यं परया प्रीत्या शङ्खचक्रगदासिभृत् ॥ आरुरोह महाबाहुः
सुपर्णं पुरुषोत्तमः ॥ १३४ ॥ कृष्णस्य पार्श्वमागम्य हर्षादेवास्थितोऽभवत् ॥ कृष्णकेशः प्रबलयो विष्णुः कृष्णश्च वर्णतः ॥ १३५ ॥ चतुर्दंष्ट्रश्चतु-
र्बाहुश्चतुर्वेदषडङ्गवित् ॥ श्रीवत्साङ्कोऽरविन्दाक्ष ऊर्ध्वरोमा मृदुत्वचः ॥ १३६ ॥ समाङ्गुलिः समनखो रक्ताङ्गुलिनखान्तरः ॥ स्निग्धगम्भीरनि-
र्घोषो वृत्तबाहुर्महाभुजः ॥ १३७ ॥ आजानुबाहुस्ताम्रास्यः सिंहविस्पष्टविक्रमः ॥ सहस्रमिव सूर्याणां दीप्यमानः प्रकाशते ॥ १३८ ॥ यः प्रभु-
र्भाति विश्वात्मा भूतानां भावनो विभुः ॥ यस्याष्टगुणमैश्वर्यं ददौ प्रीतः प्रजापतिः ॥ प्रजापतीनां साध्यानां त्रिदशानां च शाश्वतः ॥ १३९ ॥
स्तूयमानः स्तवैर्दिव्यैः सूतमागधबन्दिभिः ॥ ऋषिभिश्च महाभागैर्वेदवेदाङ्गपारगैः ॥ १४० ॥ संविधानमथाज्ञाप्य द्वारकायां महाबलः ॥ गमनाय
मतिं चक्रे वासुदेवः प्रतापवान् ॥ १४१ ॥ आस्थितो गरुडं देवस्तस्य चानु हलायुधः ॥ पृष्ठतोऽनु बलस्यापि प्रद्युम्नः शत्रुकर्षणः ॥ १४२ ॥ जय
बाणं महाबाहो ये चास्यानुगता रणे ॥ न हि ते प्रमुखे स्थातुं कश्चिच्छक्तो महामृधे ॥ १४३ ॥ प्रसादे ते ध्रुवा लक्ष्मीर्विजयश्च पराक्रमे ॥ विजे-
ष्यसि रणे शत्रुं दैत्येन्द्रं सहसैनिकम् ॥ १४४ ॥ सिद्धचारणसंघानां महर्षीणां च सर्वशः ॥ शृण्वन्वाचोऽन्तरिक्षे वै प्रययौ केशवो रणे ॥ १४५ ॥

उनका मुख ताम्रवर्णका था । वे सिंह सदृश पराक्रमी थे और उनके शरीरकी कान्ति हजारों सूर्यके समान देदीप्यमान थी ॥ १३८ ॥ जो भूतात्मा तथा भूतभावनके नामसे अभिहित होते थे । जिनपर प्रसन्न होकर ब्रह्माने अष्टगुणसम्पन्न ऐश्वर्य प्रदान किया था । जो सभी प्रजापतियों और साध्योंमें शाश्वत कहलाते थे ॥ १३९ ॥ सभी सूत, मागध, वन्दीजन एवं वेदवेदाङ्गपारदर्शी महात्मा ऋषिगण जिनकी स्तुति करते हैं ॥ १४० ॥ वे परम प्रतापशाली भगवान वासुदेव द्वारकामें युद्धोद्योगका विधिवत् आदेश देकर स्वयं युद्धयात्राके लिए सन्नद्ध हो गये ॥ १४१ ॥ गरुड़की पीठपर आगे कृष्ण स्वयं बैठे और बलराम तथा शत्रुतापन प्रद्युम्न उनके पीछे ॥ १४२ ॥ उसी समय आकाशसे सिद्धगण, चारणगण एवं महर्षिगण कहने लगे—हे श्रीकृष्ण ! आप दैत्यराज बाणासुर और उसके अनुचरोंको शीघ्र समाप्त कर दीजिएगा । औरोंकी बात तो दूर, समरभूमिमें देवराज इन्द्र भी आपके सम्मुख

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ठहर सकते । आपको अवश्य विजय प्राप्त होगी । इसमें कोई संशय नहीं है । आप सैनिकों समेत दैत्यराज बाणासुरका संहार करेंगे । इस प्रकार आकाशवाणी सुनते हुए भगवान कृष्ण युद्धयात्राके लिए चल पड़े ॥ १४३–१४५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२३ ॥

(कृष्ण-अनलयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर चारों ओरसे तूर्यनिनाद, शंखध्वनि एवं सूत, मागध तथा वन्दीजनोंका जयसूचक स्तुतिपाठ आरम्भ हुआ । उस समय भगवानकी शारीरिक शोभा चन्द्रमा, सूर्य और इन्द्रके सदृश देदीप्यमान हो उठी ॥ १ ॥ २ ॥ भगवानके तेजसे उड़नेके लिए उद्यत गरुड़की भी शोभा असाधारण थी ॥३॥ तत्काल भगवान कृष्ण अष्टभुजाधारी हो गये । उनका शरीर पर्वतके समान विकराल हो गया । वे उस समय दैत्यराज बाणासुरके विनाशकी युक्तियाँ सोच रहे थे ॥४॥ उनके

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि कृष्णप्रयाणं नाम त्रयोविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततस्तूर्यनिनादेन शंखानां च महास्वनैः ॥ बन्दिमागधसूतानां स्तवैश्चापि सहस्रशः ॥ १ ॥ स तून्मुखैर्जयाशीर्भिः
स्तूयमानो हि मानवैः ॥ बभार रूपं सोमार्कशक्राणां प्रतिमां तदा ॥ २ ॥ अतीव शुशुभे रूपं व्योम्नि तस्योत्पतिष्यतः ॥ वैनतेयस्य भद्रं ते
बृंहितं हरितेजसा ॥ ३ ॥ अथाष्टबाहुः कृष्णस्तु पर्वताकारसंनिभः ॥ विबभौ पुण्डरीकाक्षो विकाङ्क्षन्बाणसंक्षयम् ॥ ४ ॥ असिचक्रगदाबाणा दक्षिणं
पार्श्वमास्थिताः ॥ वर्म शार्ङ्गं तथा चापं शङ्खं चैवास्य वामतः ॥ ५ ॥ शीर्षाणां वै सहस्रं तु विहितं शार्ङ्गधन्वना ॥ सहस्रं चैव कायानां वहन्सङ्कर्ष-
णस्तदा ॥ ६ ॥ श्वेतप्रहरणोऽधृष्यः कैलास इव शृङ्गवान् ॥ प्रस्थितो गरुडेनाथ उद्यन्निव दिवाकरः ॥ ७ ॥ सनत्कुमारस्य वपुः प्रादुरासीन्महा-
त्मनः ॥ प्रद्युम्नस्य महाबाहोः संग्रामे विक्रमिष्यतः ॥८॥ स पक्षबलविक्षेपैर्विधुन्वन्पर्वतान्बहून् ॥ जगाम मार्गं बलवावान् तस्य प्रतिषेधयन् ॥ ९ ॥
अथ वायोरतिगतिमास्थाय गरुडस्तदा ॥ सिद्धचारणसङ्घानां शुभं मार्गमवातरत् ॥ १० ॥ अथ रामोऽब्रवीद्वाक्यं कृष्णमप्रतिमं रणे ॥ स्वाभिः
प्रभाभिर्हीनाः स्म कृष्ण कस्मादपूर्ववत् ॥११॥ सर्वे कनकवर्णाभाः संवृत्ताः स्म न संशयः ॥ किमिदं ब्रूहि नस्तत्त्वं किं मेरोः पार्श्वगा वयम् ॥ १२ ॥

दाहिनी ओर असि, चक्र, गदा और बाण तथा बायीं ओर ढाल, धनुष और शंख विद्यमान था ॥ ५ ॥ तत्काल भगवानने सहस्र मस्तक धारण किया । बलरामजीने भी सहस्र मूर्ति धारण की ॥ ६ ॥ उनके हाथमें भीषण तथा सानपर चढ़े हुए तीक्ष्ण शस्त्रास्त्र विद्यमान थे । उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों शिखरों समेत कैलास पर्वत विराजमान है और उसपर सूर्यनारायण उदित हो रहे हैं ॥ ७ ॥ प्रद्युम्न, जो संग्राममें अपना पराक्रम प्रदर्शित करने जा रहे थे, उनकी भी शोभा सनत्कुमारसे किसी अंशमें न्यून नहीं थी ॥ ८ ॥ पतगराज गरुड़ समस्त आकाशपथको अवरुद्ध करके चलने लगे । उनके पंखकी वायुसे बहुतेरे पर्वत कम्पित हो उठे ॥ ९ ॥ वे पवनवेगसे चलते हुए क्रमशः सिद्धों और चारणोंका मार्ग पार कर गये ॥ १० ॥ उसी समय बलरामने अद्वितीय योद्धा श्रीकृष्णको सम्बोधित करके कहा—कृष्ण ! इस समय हमलोग इतने निष्प्रभ क्यों हो रहे हैं ? पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था ॥ ११ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यहाँ हम सब स्वर्ण वर्णके हो गये हैं। तो क्या अब हम सुमेरु पर्वतके पास आ पहुँचे हैं ? मुझे इसका कारण बताओ ॥ १२ ॥ भगवान् कृष्ण बोले—मुझे ऐसा लगता है कि अब हम लोग बाणासुरके नगरके समीप पहुँच गये हैं। उसीकी रक्षाके लिए यह प्रज्वलित अग्नि धधक रही है ॥ १३ ॥ उसी आहवनीय अग्निकी प्रभासे हमारे शरीरकी कान्ति स्वर्णिम हो गयी है ॥ १४ ॥ तब बलरामने कहा—हे कृष्ण ! यदि हम बाणनगरीके निकट पहुँचनेके कारण ही निष्प्रभ हो गये हैं तो अब जो कर्तव्य कर्म हो, उसे भलीभाँति विचार करके निर्धारित कर लेना चाहिए ॥ १५ ॥ श्रीकृष्ण भगवानने गरुड़को सम्बोधित करके कहा—हे पतगराज ! इस समय हमारा जो कर्तव्य हो, तुम्हीं उसका निर्धारण करो। तुम्हारा विचार जान लेनेके बाद हम अपना कार्य स्थिर करेंगे ॥ १६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ एवं परम पराक्रमी गरुड़ने भगवानका

श्रीभगवानुवाच ॥ मन्ये बाणस्य नगरमभ्यासस्थमरिन्दम ॥ रक्षार्थं तस्य निर्यातो वह्निरेष स्थितो ज्वलन् ॥ १३ ॥ अग्नेराहवनीयस्य प्रभया स्म समा-
हताः ॥ तेन नो वर्णवैरूप्यमिदं जातं हलायुध ॥ १४ ॥ राम उवाच ॥ यदि स्म सन्निकर्षस्था यदि निष्प्रभतां गताः ॥ तद्विधत्स्व स्वयं बुद्ध्या
यदत्रानन्तरं हितम् ॥ १५ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ कुरुष्व वैनतेय त्वं यच्च कार्यमनन्तरम् ॥ त्वया विधाने विहिते करिष्याम्यहमुत्तमम् ॥ १६ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ एतच्छ्रुत्वा तु गरुडो वासुदेवस्य भाषितम् ॥ चक्रे मुखसहस्रं हि कामरूपी महाबलः ॥ १७ ॥ गङ्गामुपागमत्तूर्णं वैनतेयो
महाबलः ॥ आप्लुत्याकाशगङ्गायामापीय सलिलं बहु ॥ १८ ॥ प्रववर्षोपरि गतो वैनतेयः प्रतापवान् ॥ तेनाग्निं शमयामास बुद्धिमान्विनतात्मजः
॥ १९ ॥ अग्निराहवनीयस्तु ततः शांतिमुपागमत् ॥ तं दृष्ट्वाऽऽहवनीयं तु शान्तमाकाशगङ्गया ॥ २० ॥ परमं विस्मयं गत्वा सुपर्णो वाक्यमब्रवीत् ॥
अहो वीर्यमथाग्नेस्तु यो दहेद्युगसंक्षये ॥ २१ ॥ त्रयस्त्रयाणां लोकानां पर्याप्ता इति मे मतिः ॥ कृष्णः सङ्कर्षणश्चैव प्रद्युम्नश्च महाबलः ॥ २२ ॥
ततः प्रशान्ते दहने संप्रतस्थे स पक्षिराट् ॥ स्वपक्षबलविक्षेपं कुर्वन्घोरं महास्वनम् ॥ २३ ॥ तान्दृष्ट्वा विस्मयं तत्र रुद्रस्यानुचराग्नयः ॥ आस्थिता
गरुडं ह्येते नानारूपा भयावहाः ॥ २४ ॥ किमर्थमिह संप्राप्ताः के वापीमे जनास्त्रयः ॥ निश्चयं नाधिगच्छन्ति ते गिरिव्रजवह्नयः ॥ २५ ॥

वचन सुनकर सहसा सहस्र मुख धारण कर लिया ॥ १७ ॥ तदनन्तर वे आकाशगङ्गाके पास गये और उसका जल पीकर ऊपर ही ऊपरसे वह जल बाणनगरीपर बरसाने लगे। उनके ऐसा करनेसे वह आहवनीय आग बुझ गयी। आकाशगङ्गाके जलसे अग्नि शान्त देखकर गरुड़को बहुत विस्मय हुआ और उन्होंने कहा—अहो ! अग्निका कितना व्यापक प्रभाव है। प्रलयकालमें यह समस्त संसारको भस्म कर देता है। इसीके प्रभावसे भगवान कृष्णके शरीरकी कान्ति बदल गयी थी। मुझे ऐसा लगता है कि समस्त त्रिलोकीमें तीन अग्नियाँ ही सब कुछ करनेको पर्याप्त हैं। अग्निके शान्त हो जानेपर गरुड़ने कृष्ण, बलराम तथा प्रद्युम्नको लेकर प्रस्थान किया। उनके पक्षविक्षेपसे बड़ा भयानक शब्द हो रहा था ॥ १८–२३ ॥ रुद्रके अनुचर अग्निगण उन्हें देखकर सोचने लगे कि गरुड़की पीठपर ये भीषण मूर्तियें कौन हैं ? ये यहाँ किस लिए आयी हैं ? इस प्रकार बड़ी देरतक विवेचना करनेपर भी वे स्थूल-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बुद्धि अग्निगण कुछ निर्णय नहीं कर सके ॥ २४ ॥ २५ ॥ तदनन्तर उन अग्निरूपधारी रुद्रानुचरोंने इन तीनोंके साथ युद्ध आरम्भ कर दिया। युद्ध आरम्भ हो जानेपर भीषण कोलाहलका शब्द उठा ॥ २६ ॥ सिंहगर्जन सदृश वह शब्द सुनकर बाणासुरने एक दूतको बुलाकर कहा—दूत! तुम शीघ्र रणभूमिमें जाओ और वहाँकी समस्त गतिविधि देखकर तुरन्त लौट आओ ॥ २७ ॥ २८ ॥ बाणासुरके ऐसा आदेश देनेपर दूतने रणस्थलीमें जाकर देखा कि भगवान वासुदेवके साथ अग्निगणोंका भीषण युद्ध आरम्भ हो गया है ॥ २९ ॥ स्वाहाकार-पूर्वक आहुति ग्रहणमें समर्थ कल्माष, कुसुम, दहन, शोषण और तपन नामके पाँच अनल एवं स्वधाग्रहणमें प्रसिद्ध पिठर, पतंग, स्वर्ण, श्वागाध तथा भ्राज ये पाँच प्रकारके अग्नि अपनी-अपनी सेना लेकर भयानक युद्ध कर रहे हैं ॥ ३०–३२ ॥ वषट्काराश्रयी ज्योतिष्टोमविभागीय दोनों अग्नि भी युद्धमें संलग्न हैं ॥ ३३ ॥ उन दोनों अग्नियोंके मध्यमें महर्षि

प्रावर्तयंश्च संग्रामे तैस्त्रिभिः सह यादवैः ॥ तेषां युद्धप्रसक्तानां संनादः सुमहानभूत् ॥ २६ ॥ तं च श्रुत्वा महानादं सिंहानामिव गर्जताम् ॥
अथाङ्गिराः स्वपुरुषं प्रेषयामास बुद्धिमान् ॥ २७॥ यत्र तद्वर्तते युद्धं तत्र गच्छस्व मा चिरम् ॥ दृष्ट्वा तत्सर्वमागच्छ इत्युक्तः प्रहितस्त्वरन् ॥ २८॥
तथेत्युक्त्वा स तद्युद्धं वर्तमानमवैक्षत ॥ अग्नीनां वासुदेवेन संसक्तानां महामृधे ॥ २९ ॥ ते जातवेदसः सर्वे कल्माषः कुसुमस्तथा ॥ दहनः
शोषणश्चैव तपनश्च महाबलः ॥ ३० ॥ स्वाहाकारस्य विषये प्रख्याताः पञ्च वह्नयः ॥ अथापरे महाभागाः स्वैरनीकैर्व्यवस्थिताः ॥ ३१ ॥ पिठरः
पतगः स्वर्णः श्वागाधो भ्राज एव च ॥ स्वधाकाराश्रयाः पञ्च अयुध्यंस्तेऽपि चाग्नयः ॥ ३२ ॥ ज्योतिष्टोमविभागौ च वषट्काराश्रयौ पुनः ॥
द्वावग्नी संप्रयुध्येते महात्मानौ महाद्युती ॥ ३३ ॥ आग्नेयं रथमास्थाय शरमुद्यम्य भास्वरम् ॥ तयोर्मध्येऽङ्गिराश्चैव महर्षिर्विभौ रणे ॥ ३४ ॥
स्थितमङ्गिरसं दृष्ट्वा विमुञ्चन्तं शिताञ्छरान् ॥ कृष्णः प्रोवाच संक्रुद्धः स्मयन्निव पुनः पुनः ॥ ३५ ॥ तिष्ठध्वमग्नयः सर्वे एष वो विदधे भयम् ॥
ममास्त्रतेजसा दग्धा दिशो यास्यथ विद्रुताः ॥ अथाङ्गिरास्त्रिशूलेन दीप्तेन समधावत ॥ ३६ ॥ आददान इव क्रोधात्कृष्णप्राणान्महामृधे ॥
त्रिशूलं तस्य दीप्तं तु चिच्छेद परमेषुभिः ॥ अर्धचन्द्रैस्तथा तीक्ष्णैर्यमान्तकनिभोपमैः ॥ ३७ ॥ स्थूणाकर्णेन बाणेन दीप्तेन स महामनाः ॥ त्र्यम्बका-
धान्तकतुल्येन वक्षस्यङ्गिरसं ततः ॥ ३८ ॥ रुधिरौघप्लुतैर्गात्रैरङ्गिरा विह्वलन्निव ॥ विष्टब्धगात्रः सहसा पपात धरणीतले ॥३९॥ शेषास्ततोऽग्नयः

अङ्गिरा आग्नेय रथपर आरूढ़ हो तथा तेजस्वी त्रिशूल ताने युद्ध कर रहे हैं ॥ ३४ ॥ उस समय कृष्णने अङ्गिराको तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करते देख क्रुद्धभावसे कहा—हे अनलगण! क्षण भर ठहरो। मैं अभी तुम्हारे लिए विभीषिकाका विधान करता हूँ। तुम अभी हमारे शस्त्रोंके तेजसे झुलसकर चारों ओर भागने लगोगे। तदनन्तर महर्षि अङ्गिरा एक जलजलाता त्रिशूल लेकर बड़े वेगसे भगवानकी ओर दौड़े ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो वे अभी भगवानका संहार कर देंगे। उसी समय श्रीकृष्ण भगवानने यम, सूर्य, अनल-प्रभ, सुतीक्ष्ण तथा अर्धचन्द्राकार बाणसे उनके त्रिशूलको काट डाला ॥३७॥ तत्पश्चात् उन्होंने स्थूणाकर्ण नामके अपने तेजस्वी बाणसे अङ्गिराके वक्षःस्थलको बींध दिया ॥३८॥ इस प्रहारसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महर्षि अङ्गिराके सब अङ्ग रक्ताक्त हो गये और वे विह्वल होकर पृथिवीपर गिर पड़े ॥ ३९ ॥ तदनन्तर ब्रह्माके पुत्रस्वरूप चार अग्नि दैत्यराज बाणासुरकी नगरीमें भाग गये ॥ ४० ॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२४ ॥

(कृष्ण-ज्वरयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर भगवान कृष्ण बाणासुरके नगर शोणितपुरके समीप जा पहुँचे। दूर ही से वह नगर देखकर देवर्षि नारदने कहा—
॥ १ ॥ हे विशालबाहु कृष्ण! यही शोणितपुर है। शंकर भगवान बाणासुरकी मङ्गलकामना करके उसकी रक्षाके निमित्त भगवती पार्वती तथा कार्तिकेयके साथ यहाँ निवास करते
हैं। नारदका वचन सुनकर भगवान बोले—।२ ॥ ३ ॥ मुनिवर! आप हमारी मङ्गलकामना करिए। अब यदि बाणासुरकी रक्षाके लिए रुद्रदेव स्वयं रणक्षेत्रमें अवतीर्ण होंगे,

सर्वे चत्वारो ब्रह्मणः सुताः ॥ आधावन्तस्तदा शीघ्रं बाणस्य पुरमन्तिकात् ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अग्नियुद्धं
नाम चतुर्विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथागमत्ततः कृष्णो यत्र बाणपुरं ततः ॥ अथ बाणपुरं दृष्ट्वा दूरात्प्रोवाच नारदः ॥ १ ॥ एतत्तच्छोणितपुरं कृष्ण
पश्य महाभुज ॥ अत्र रुद्रो महातेजा रुद्राण्या सहितोऽवसत् ॥ २ ॥ गुहश्च बाणगुप्त्यर्थं सततं क्षेमकारणात् ॥ नारदस्य वचः श्रुत्वा कृष्णस्त्वि-
दमथाब्रवीत् ॥ ३ ॥ क्षणं चिन्तयतामत्र श्रूयतां च महामुने ॥ यदि वाऽवतरेद्रुद्रो बाणसंरक्षणं प्रति ॥ ४ ॥ शक्तितो वयमप्यत्र सह योत्स्याम
तेन वै ॥ एवं विवदतोस्तत्र कृष्णनारदयोस्तदा ॥ ५ ॥ प्राप्ता निमेषमात्रेण शीघ्रगा गरुडेन ते ॥ ततः शंखं समाधाय वदने पुष्करेक्षणः ॥ ६ ॥
वायुवेगसमुद्धूतो मेघश्चन्द्रमिवोद्गिरन् ॥ ततः प्रध्माप्य तं शङ्खं भयमुत्पाद्य वीर्यवान् ॥ ७ ॥ प्रविवेश पुरं कृष्णो बाणस्याद्भुतकर्मणः ॥ ततः शंख-
प्रणादैश्च भेरीणां च महास्वनैः ॥ ८ ॥ बाणानीकानि सहसा संनह्यन्त समन्ततः ॥ ततः किंकरसैन्यं तु व्यादिष्टं समरे भयात् ॥ ९ ॥ कोटि-
शश्चापि बहुशो दीप्तप्रहरणास्तदा ॥ तदसंख्येयमेकस्थं महाभ्रवनसंनिभम् ॥ १० ॥ नीलाञ्जनचयप्रख्यमप्रमेयमथाक्षयम् ॥ दीप्तप्रहरणाः सर्वे दैत्य-
दानवराक्षसाः ॥ ११ ॥ प्रमाथगणमुख्याश्च अयुध्यन्कृष्णमव्ययम् ॥ सर्वतस्तैः प्रदीप्तास्यैः सार्चिष्मद्भिरिवाग्निभिः ॥ १२ ॥ अभ्युपेत्य तदात्युग्रैर्य-

तब भी मैं अपनी शक्ति भर उनके साथ युद्ध करूँगा। श्रीकृष्ण और नारद परस्पर इस प्रकार वार्तालाप कर ही रहे थे, इसी बीच गरुड़ निमेषमात्रमें शोणितपुर जा पहुँचे। तब भगवान
कृष्णने अपना पांचजन्य शंख बजाना आरम्भ किया ॥४–६॥ उनके मुखतक शंखके पहुँचनेसे ऐसा मालूम पड़ा कि मानो वायुजन्य मेघराशिसे चन्द्रमा उदित हो रहे हों। इस प्रकार शंख-
ध्वनिसे भय उत्पादन करके भगवान शोणितपुरमें प्रविष्ट हुए। उस समय वह शंखध्वनि सुनकर भेरीनिनादके साथ बाणासुरकी सेना चारों ओरसे सुसज्जित हो गयी। उनमेंसे किंकर-
सैन्यगण युद्धका आदेश पाकर सुतीक्ष्ण शस्त्रास्त्र लिये हुए दलके दल बाहर निकल पड़े। हे महाराज! जब वह असंख्य सैन्यदल एकत्रित हो गया तो ऐसा लगा कि मानो अगणित मेघ
सहसा आकाशमें उमड़ पड़े हैं ॥ ७–१० ॥ नीलगिरिके समान उनका नील वर्ण था। उनकी संख्या अपार थी और वे सब दैत्य-दानव-राक्षस भाँति-भाँतिके चमचमाते शस्त्रास्त्र लिये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए थे ॥ ११ ॥ उन सैनिकोंमें शंकर भगवानके प्रमथगणोंकी बहुलता थी। उस सेनाने मैदानमें आकर भगवान कृष्णके साथ युद्ध आरम्भ कर दिया। वे अग्नितुल्य तेजस्वी तथा प्रदीप्तमुख यक्ष, राक्षस एवं दानवगण चारों ओरसे आ-आकर उन श्रीकृष्ण आदि चारों वीरोंका रुधिर पान करने लगे ॥ १२ ॥ १३ ॥ तत्र महावली बलराम उस सेनाके मध्यमें स्थित होकर श्रीकृष्ण भगवानसे बोले—॥ १४ ॥ हे कृष्ण ! हे महाबाहो ! इन सैनिकोंके लिए शीघ्र आतंकका विस्तार करिए। बुद्धिमान् बलरामके ऐसा कहनेपर श्रीकृष्णने उन दैत्योंका वध करनेके लिए अपना आग्नेयास्त्र सम्हाला। वह अस्त्र यमराजके समान भयानक था। तदनन्तर उन्होंने अपने क्रव्यादास्त्र द्वारा असुरोंको दूर भगा दिया और जहाँ शूल, पट्टिश, शक्ति, ऋष्टि, धनुष और परिघ प्रभृति शस्त्र लेकर वह सैन्यदल विद्यमान था, तत्काल वहाँ वे जा पहुँचे ॥ १५–१७ ॥ वे योद्धा पर्वत तथा मेघ सदृश भयकर आकृतिके थे। वे विविध प्रकारके

क्षराक्षसकिन्नरैः ॥ पीयते रुधिरं तेषां चतुर्णामपि संयुगे ॥ १३ ॥ तद्बलं तु समासाद्य बलभद्रो महाबलः ॥ प्रोवाच वचनं तत्र पश्यस्व बलनाशनम् ॥ १४ ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो विधत्स्वैषां महद्भयम् ॥ इति संचोदितः कृष्णो बलभद्रेण धीमता ॥ १५ ॥ तेषां वधार्थमाग्नेयं जग्राह पुरुषोत्तमः ॥ अस्त्रमस्त्रविदां श्रेष्ठो यमान्तकसमप्रभः ॥ प्रविधूयासुरगणान्क्रव्यादानस्त्रतेजसा ॥ १६ ॥ प्रययौ त्वरया युक्तो यत्र दृश्येत तद्बलम् ॥ शूलपट्टिशशक्त्यृष्टिपिनाकपरिघायुधम् ॥ १७ ॥ प्रमाथगणभूयिष्ठं बलं तदभवत्स्थितौ ॥ शैलमेघप्रतीकाशैर्नानारूपैर्भयानकैः ॥ वाहनैः सङ्कुशः सर्वे योधास्तत्रावतस्थिरे ॥ १८ ॥ वातोद्धूतैरिव घनैर्विप्रकीर्णैरिवाचलैः ॥ शुशुभे तत्र बहुलैरनीकैर्दृढधन्विभिः ॥ मुसलैरसिभिः शूलैर्गदाभिः परिघैस्तथा ॥ १९ ॥ अबाधं तदसंख्येयं शुशुभे सर्वतो बलम् ॥ ततः संकर्षणो देवमुवाच मधुसूदनम् ॥ २० ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो यदेतद्दृश्यते बलम् ॥ एतैः सह रणे योद्धुमिच्छामि पुरुषोत्तम ॥ २१ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ ममाप्येषैव सञ्जाता बुद्धिरित्यब्रवीच्च तम् ॥ एभिः सह रणे योद्धुमिच्छेयं योधसत्तमैः ॥ २२ ॥ युद्ध्यतः प्राङ्मुखस्यास्तु सुपर्णो वै ममाग्रतः ॥ सव्यपार्श्वे तु प्रद्युम्नस्तथा मे दक्षिणे भवान् ॥ रक्षितव्यमथान्योन्यमस्मिन्घोरे महामृधे ॥ २३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं ब्रुवन्तस्तेऽन्योन्यमधिरूढाः खगोत्तमम् ॥ गिरिशृङ्गनिभैर्घोरैर्गदामुसललांगलैः ॥ २४ ॥ युध्यतो

वाहनोंपर आरूढ़ थे ॥ १८ ॥ उस विशाल सैन्यदलको देखकर ऐसा लगता था कि मानो वायुके वेगसे मेघ उमड़ आये हैं अथवा बहुतेरे पर्वत इधर-उधर छितरा गये हैं। तदनन्तर वह राक्षसी सेना कुलिश, पट्टिश, शूल, गदा और मुसल लेकर चारों ओरसे दौड़ पड़ी। अतः कुछ ही क्षणोंमें सारी रणभूमि उन असंख्य सैनिकोंसे भर गयी। ऐसी परिस्थितिमें बलरामने भगवान कृष्णसे कहा— ॥ १९ ॥ २० ॥ हे कृष्ण ! हे महाबाहो ! इस दानवी सेनाके साथ युद्ध करनेकी मेरी इच्छा है ॥ २१ ॥ भगवान बोले—भगवन् ! मेरी भी यही इच्छा है। मैं भी इन वीर योद्धाओंके साथ लड़ना चाहता हूँ ॥ २२ ॥ मैं पूर्वकी ओर मुख करके युद्ध करूँगा। पतगराज गरुड़ मेरे आगे, प्रद्युम्न वायीं ओर और आप मेरी दाहिनी ओर रहें। ऐसा होनेसे हम परस्पर एक दूसरेकी रक्षा कर सकेंगे ॥ २३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वे परस्पर इस तरह वार्तालाप करके गरुड़की पीठपर सवार हो गये। बलराम पर्वतशिखरके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदृश गदा, मुसल और लाङ्गलास्त्र लेकर युद्धमें प्रवृत्त हुए । उस समय उनकी आकृति बहुत भयङ्कर हो गयी । ऐसा मालूम पड़ने लगा कि मानो प्रलयाग्नि समस्त विश्वको उदरस्थ करनेके लिए उद्यत हो गयी है ॥ २४ ॥ २५ ॥ वे अपने लाङ्गलास्त्रसे खींच-खींचकर शत्रुओंका वध करते हुए निर्भयभावसे रणभूमिमें विचरने लगे ॥ २६ ॥ महाबली प्रद्युम्न अपने विकराल बाणोंकी वर्षा करके समरमें प्रवृत्त दानवोंका निवारण कर रहे थे ॥ २७ ॥ स्निग्ध अञ्जन सदृश श्याम तथा शंख-चक्र-गदाधारी भगवान जनार्दन भी बारम्बार अपना शंख बजाकर युद्ध करने लगे ॥ २८ ॥ इधर विनतानन्दन गरुड़ अपने पक्षविक्षेप, नखाघात तथा चोंचके प्रहारसे अगणित दैत्योंको यमपुरी भेज रहे थे ॥ २९ ॥ अतएव वह भीषण पराक्रमी दैत्यसेना नितान्त निपीडित हो जानेके कारण रणभूमिमें पीठ दिखाकर भागने लगी ॥ ३० ॥ उसी समय कालकी तरह भयानक ज्वर असुरसैनिकोंकी रक्षा करनेके लिए समरांगणमें आ उपस्थित हुआ । उसके तीन पाँव, तीन मस्तक, छ हाथ, नौ नेत्र, साथमें भस्मास्त्र और एक हजार मेघोंके गर्जनसे जैसा शब्द हो सकता है, वैसा उसका कण्ठस्वर था ॥३१॥३२॥

रौहिणेयस्य रौद्रं रूपमभूत्तदा ॥ युगान्ते सर्वभूतानां कालस्येव दिधक्षतः ॥ २५ ॥ आकृष्य लाङ्गलाग्रेण मुसलेनावपोथयत् ॥ चचारातिबलो रामो युद्धमार्गविशारदः ॥ २६ ॥ प्रद्युम्नः शरजालैस्तान्समन्तात्पर्यवारयत् ॥ दानवान्पुरुषव्याघ्रो युध्यमानान्महाबलः ॥ २७ ॥ स्निग्धाञ्जनचय-प्रख्यः शंखचक्रगदाधरः ॥ प्रध्माय बहुशः शङ्खमयुध्यत जनार्दनः ॥ २८ ॥ पक्षप्रहारनिहता नखतुण्डाग्रदारिताः ॥ नीता वैवस्वतपुरं वैनतेयेन धीमता ॥ २९ ॥ तैर्हन्यमानं दैत्यानामनीकं भीमविक्रमम् ॥ अभज्यत तदा संख्ये बाणवर्षसमाहतम् ॥ ३० ॥ भज्यमानेष्वनीकेषु त्रातुकामः सम-भ्ययात् ॥ ज्वरस्त्रिपादस्त्रिशिराः षड्भुजो नवलोचनः ॥ ३१ ॥ भस्मप्रहरणो रौद्रः कालान्तकयमोपमः ॥ नदन्मेघसहस्रेण तुल्यो निर्घातनिःस्वनः ॥ ३२ ॥ निःश्वसञ्जृम्भमाणश्च निद्राऽन्विततनुर्भृशम् ॥ नेत्राभ्यामाकुलं वक्त्रं मुहुः कुर्वन्भ्रमन्मुहुः ॥ ३३ ॥ संहृष्टरोमा ग्लानाक्षो भग्नचित्त इव श्वसन् ॥ हलायुधमभिक्रुद्धः साक्षेपमिदमब्रवीत् ॥ ३४ ॥ किमेवं बल मत्तोऽसि न मां पश्यसि संयुगे ॥ तिष्ठ तिष्ठ न मे जीवन्मोक्ष्यसे रणमूर्धनि ॥ ३५ ॥ इत्येवमुक्त्वा प्रहसन्हलायुधमुपाद्रवत् ॥ युगान्ताग्निनिभैर्घोरैर्मुष्टिभिर्जनयन्भयम् ॥ ३६ ॥ चरतस्तत्र संग्रामे मण्डलानि सहस्रशः ॥ रौहिणेयस्य शीघ्रेण नावस्थानमदृश्यत ॥ ३७ ॥ तस्य भस्म तदा क्षिप्तं ज्वरेणाप्रतिमौजसा ॥ शैघ्र्याद्रक्षो निपतितं शरीरे पर्वतोपमे ॥ ३८ ॥

वह बार-बार दीर्घ निःश्वास ले रहा था । जँभाई लेनेके लिए वह पुनः पुनः मुँह खोलता था । उसका शरीर निद्राकुल जैसा दिखायी देता था । उसके नेत्र नितान्त व्याकुल रहनेके कारण कभी तिरछे हो जाते और कभी नाचने लगते थे ॥३३॥ उसके रोयें खड़े थे, आँखोंमें खुमारी भरी थी और चित्त किसी विक्षिप्त व्यक्तिके समान चंचल था । वह बार-बार लम्बी साँस ले रहा था । अन्तमें अत्यधिक क्रुद्ध होकर बलरामको फटकारता हुआ वह बोला—॥ ३४ ॥ बलराम ! तुम अहंकारसे इतने बावले क्यों हो रहे हो ? तुम नहीं देखते कि मैं स्वयं रणभूमिमें आ पहुँचा हूँ । अच्छा, ठहरो । तुम इस रणभूमिसे जीवित नहीं लौट सकोगे ॥ ३५ ॥ ऐसा कहकर ज्वर प्रलयाग्नि सदृश भयानक मुक्का तानकर बलरामकी ओर झपटा । उसे देखकर एक बार बलराम डरे, किन्तु बड़ी शीघ्र गतिसे पैतरा बदलते हुए इस प्रकार मण्डलाकार घूमने लगे कि वह उन्हें अपने लक्ष्यपर पा ही नहीं सका ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ तदनन्तर उस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपरिमित बलशाली ज्वरने बलरामके वक्षस्थलपर अपने भस्मास्त्रका प्रहार किया ॥ ३८ ॥ वह भस्म उनके वक्षस्थलमें न लगकर सुमेरु पर्वतपर जा गिरा। उस प्रदीप्त अस्त्रके प्रभावसे सुमेरु पर्वतके शिखर विदीर्ण हो गये ॥३९॥ उधर उस भस्मका जो थोड़ा-सा अंश उनके शरीरमें लगा रह गया था, वह प्रज्वलित हो उठा। जिससे बलराम पुनः पुनः जँभाई और लम्बी-लम्बी साँसें लेने लगे। उनका शरीर निद्राभिभूत हो गया ॥ ४० ॥ उनके नेत्र व्याकुल होकर घूमने लगे, रोंगटे खड़े हो गये और वे एक विक्षिप्त व्यक्तिके समान जोरोंसे साँस लेने लगे ॥ ४१ ॥ इस प्रकार भस्मास्त्रसे आक्रान्त होकर बलरामने भगवान कृष्णको सम्बोधित करके कहा—हे कृष्ण! मैं सब तरहसे जल रहा हूँ। किसी प्रकार इसे शान्त करके मुझे अभय करो। अमित तेजस्वी बलरामके ऐसा कहनेपर भगवान कृष्ण मुसकाये और 'डरिए मत' ऐसा कहते हुए वे उनके शरीरसे लिपट गये ॥ ४२–४४ ॥ उनके इस प्रकार आलिङ्गन करते ही

तद्भस्म वक्षसस्तस्य मेरोः शिखरमागतम् ॥ प्रदीप्तं पतितं तत्र गिरिशृङ्गं व्यदारयत् ॥ ३९ ॥ शेषेण चापि जज्वाल भस्मना कृष्णपूर्वजः ॥ निः-श्वसञ्जृम्भमाणश्च निद्रान्विततनुर्भृशम् ॥ ४० ॥ नेत्रयोराकुलत्वं च मुहुः कुर्वन्भ्रमंस्तथा ॥ संहृष्टरोमा ग्लानाक्षः क्षिप्तचित्त इव श्वसन् ॥ ४१ ॥ ततो हलधरो भग्नः कृष्णमाह विचेतनः ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो प्रदीप्तोऽस्म्यभयं कुरु ॥ ४२ ॥ दह्यामि सर्वतस्तात कथं शान्तिर्भवेन्मम ॥ इत्येवमुक्ते वचने बलेनामिततेजसा ॥ ४३ ॥ प्रहस्य वचनं प्राह कृष्णः प्रहरतां वरः ॥ न भेतव्यमितीत्युक्त्वा परिष्वक्तो हलायुधः ॥ ४४ ॥ कृष्णेन परमस्नेहात्ततो दाहात्प्रमुच्यत ॥ मोक्षयित्वा बलं तत्र दाहात्तु मधुसूदनः ॥ ४५ ॥ प्रोवाच परमक्रुद्धो वासुदेवो ज्वरं तदा ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ एह्येहि ज्वर युध्यस्व या ते शक्तिर्महामृधे ॥ ४६ ॥ यच्च ते पौरुषं सर्वं तद्दर्शयतु नो भवान् ॥ सव्येतराभ्यां बाहुभ्यामेवमुक्तो ज्वरस्तदा ॥ ४७ ॥ चिक्षेपैनं महद्भस्म ज्वालागर्भं महाबलः ॥ ततः प्रदीप्तगात्रस्तु मुहूर्तमभवत्प्रभुः ॥ ४८ ॥ कृष्णः प्रहरतां श्रेष्ठः शमं चाग्निर्गतस्ततः ॥ ततस्तैर्भुजगाकारैर्बाहुभिस्तु त्रिभिस्तदा ॥ ४९ ॥ जघान कृष्णं ग्रीवायां मुष्टिनैकेन चोरसि ॥ स संप्रहारस्तुमुलस्तयोः पुरुषसिंहयोः ॥ ५० ॥ ज्वरस्य तु महायुद्धे कृष्णस्य तु महौजसः ॥ पर्वतेषु पतन्तीनामशनीनामिव स्वनः ॥ ५१ ॥ कृष्णज्वरभुजाघातैर्युद्धमासीत्सुदारुणम् ॥ नैवमेवं प्रहर्तव्यमिति तत्र महास्वनः ॥ मुहूर्तमभवद्युद्धमन्योन्यं तु महात्मनोः ॥ ५२ ॥ ततो ज्वरं कनकविचित्रभूषणः न्यपीडयद्भुजवलयेन संयुगे ॥

दाह शान्त हो गया। इस तरह उनका संकट दूर करके श्रीकृष्णने अत्यधिक क्रुद्ध होकर ज्वरसे कहा। भगवान बोले—ज्वर! इधर आओ और मेरे साथ लड़ो। तुममें जितनी शक्ति और जितना पुरुषार्थ हो, उसका मेरे ऊपर प्रयोग करो। भगवानके ऐसा कहनेपर ज्वरने अपनी दोनों दाहिनी भुजाओंमें वह ज्वालायुक्त भस्मास्त्र लेकर उनपर छोड़ दिया। उस अस्त्रसे शरीरका स्पर्श होते भगवानका भी शरीर जलने लगा ॥ ४५–४८ ॥ किन्तु मुहूर्त भर बाद ही वह उत्ताप शान्त हो गया। तदनन्तर उसने अपनी सर्पाकार तीनों भुजायें फैलाकर भगवानके कन्धेपर मुक्केका प्रहार किया। इस प्रकार उन दोनों पुरुषसिंहोंमें तुमुल युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ४९ ॥ ५० ॥ उन दोनोंके मुष्टिप्रहारसे ऐसा भीषण शब्द होने लगा, जैसे पर्वतोंपर वज्रपात होनेसे भयानक शब्द होता है ॥ ५१ ॥ उस भयानक बाहुयुद्धके बीच-बीचमें 'ऐसा प्रहार करना अनुचित है' यह वाक्य मुखरित हो उठा। इस प्रकार कुछ देर दोनों महा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्माओंमें विकराल द्वन्द्वयुद्ध होता रहा ॥ ५२ ॥ तदनन्तर शरीरधारी जगत्पति भगवानने अपनी दोनों भुजाओंमें उस आकाशचारी तथा कनकविभूषित ज्वरको जकड़कर बड़ी जोरसे दबा दिया ॥५३॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं०रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२५ ॥

(शंकरजी तथा भगवान कृष्णका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उसी समय शत्रुनिपूदन कृष्णने ज्वरको मृत समझकर जैसे ही पृथिवीपर फेंका, तत्काल वह अज्ञात भावसे उनके शरीरमें प्रविष्ट हो गया। भगवानके शरीरमें ज्वरावेश होते ही उनके पैर लड़खड़ाने लगे। उन्हें कभी जँभाई आती, कभी साँसका वेग बढ़ जाता, कभी रोमाञ्च हो आता और कभी नींद आने लगती थी ॥ १—४ ॥ तदनन्तर महायोगी कृष्ण क्षणभर धैर्य धारण करनेके बाद समझ गये कि मेरे शरीरमें ज्वर प्रविष्ट हो गया है। तब उन्होंने उस ज्वरके विनाशार्थ

जगत्क्षयं समुपनयञ्जगत्पतिः शरीरधृग्गगनचरं महामृधे ॥५३॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे कृष्णज्वरयुद्धे पञ्चविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ २५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ मृतमित्यभिविज्ञाय ज्वरं शत्रुनिषूदनः ॥ कृष्णो भुजबलाभ्यां तु चिक्षेपाथ महीतले ॥ १ ॥ मुक्तगात्रः स बाहुभ्यां कृष्णदेहं विवेश ह ॥ अमुक्त्वा विग्रहं तस्य कृष्णस्याप्रतिमौजसः ॥ २ ॥ स ह्याविष्टस्तथा तेन ज्वरेणाप्रतिमौजसा ॥ कृष्णः स्खलन्निव मुहुः क्षितौ गाढं व्यवर्त्तत ॥ ३ ॥ जृम्भते श्वसते चैव वल्गते च पुनः पुनः ॥ रोमाञ्चोत्थितगात्रश्च निद्रया चाभिभूयते ॥ ४ ॥ ततः स्थैर्यं समालम्ब्य कृष्णः परपुरंजयः ॥ विकुर्वति महायोगी जृम्भमाणः पुनः पुनः ॥ ५ ॥ ज्वराभिभूतमात्मानं विज्ञाय पुरुषोत्तमः ॥ सोऽसृजज्ज्वरमन्यं तु पूर्वज्वरविनाशनम् ॥ ६ ॥ घोरं वैष्णवमत्युग्रं सर्वप्राणिभयंकरम् ॥ संसृष्टवान्स तेजस्वी तं ज्वरं भीमविक्रमम् ॥ ७ ॥ ज्वरः कृष्णविसृष्टस्तु गृहीत्वा तं ज्वरं बलात् ॥ कृष्णाय हृष्टः प्रायच्छत्तं जग्राह ततो हरिः ॥ ८ ॥ ततस्तं परमक्रुद्धो वासुदेवो महाबलः ॥ स्वगात्रात्तत्र ज्वरेणैव निष्क्रामयत वीर्यवान् ॥ ९ ॥ आविध्य भूतले चैनं शतधा कर्तुमुद्यतः ॥ व्याघोषत ज्वरस्तत्र भोः परित्रातुमर्हसि ॥१०॥ आविध्यमाने तस्मिंस्तु कृष्णेनामिततेजसा ॥ अशरीरा ततो वाणी ह्यन्तरिक्षादभाषत ॥ ११ ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो यदूनां नन्दिवर्धन ॥ मा वधीर्ज्वरमेनं तु रक्षणीयस्त्वयाऽनघ ॥ १२ ॥ इत्येवमुक्ते वचने तं मुमोच हरिः स्वयम् ॥ भूतभव्यभविष्यस्य जगतः परमो गुरुः ॥ १३ ॥ कृष्णस्य पादयोर्मूर्ध्ना शरणं सोऽगमज्ज्वरः ॥ एव-

अन्य ज्वरकी सृष्टि कर दी ॥ ५—६ ॥ भगवान द्वारा उत्पन्न वैष्णव ज्वर बड़ा उग्र और सब प्राणियोंके लिए भयंकर था। उसमें असाधारण बल था ॥ ७ ॥ भगवान द्वारा नियुक्त वैष्णव ज्वरने उनके शरीरमें प्रविष्ट शैव ज्वरको बलपूर्वक पकड़कर श्रीकृष्णको सौंप दिया। भगवान वासुदेवने भी उसे स्वीकार कर लिया और धरतीपर पटककर उसके सैकड़ों टुकड़े कर देनेके लिए उद्यत हो गये। उस समय शैव ज्वर 'मेरी रक्षा करिए' कहता हुआ चीत्कार कर उठा ॥ ८—१० ॥ उसी समय अन्तरिक्षसे आकाशवाणी हुई—हे यदुनन्दन ! हे महाबाहु ! आप शैव ज्वरका विनाश न करके इसकी रक्षा करिए ॥ ११ ॥ १२ ॥ इस प्रकारकी आकाशवाणी सुनकर त्रिकालगुरु तथा जगन्नाथ भगवान कृष्णने उसे छोड़ दिया ॥ १३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुक्त होनेपर ज्वर भगवानके चरणोंपर मस्तक रखकर शरणागत भावसे बोला--॥ १४॥ हे यदुनन्दन ! मैं आपसे एक बात पूछना चाहता हूँ। मैं जो कह रहा हूँ, उसे सुनिए और मेरी कामना पूर्ण करिए ॥ १५ ॥ मेरी यही प्रार्थना है कि आपकी कृपासे संसारमें मैं अकेला ज्वर रहूँ। मेरे सिवाय किसी अन्य ज्वरकी उत्पत्ति न हो। हे देवेश ! मैं आपसे यही वरदान माँग रहा हूँ ॥ १६ ॥ भगवान बोले--हे ज्वर ! वरदान चाहनेवालोंको वरदान देना मेरा आवश्यक कर्तव्य है। विशेष करके तुम तो मेरे शरणागत हो। इस समय तुमने जो कामना की है, तुम्हारी वह कामना पूर्ण हो जायगी ॥ १७ ॥ पहले जैसे तुम अकेले ज्वर थे, वैसे ही सदा अकेले ज्वर तुम्हीं रहोगे और मेरे शरीरसे जो अन्य ज्वर उत्पन्न हुआ था, वह मेरे शरीरमें ही विलीन हो जायगा ॥१८॥ वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! भगवान कृष्णने ऐसा कहकर फिर कहा—हे ज्वर ! तुम जिस प्रकार स्थावर-जंगमात्मक सभी प्राणियोंमें निवास करोगे, वह मैं बताये देता हूँ सुनो--॥ १९ ॥ २० ॥ यदि तुम मुझे प्रसन्न रखना चाहते होओ तो तीन भागोंमें विभक्त हो जाओ। जिनमें प्रथम भागसे चौपाये पशुओंमें, द्वितीय भागसे स्थावर प्राणियोंमें और तृतीय भागसे मनुष्योंमें विचरण करो। उनमें तुम्हारे तृतीय भागका चतुर्थांश पक्षियोंके लिए निर्दिष्ट रहेगा। उसके ऊपरी अंशसे तुम मनुष्योंमें ऐकाहिक, द्व्याहिक, त्र्याहिक और चातुर्थिक नामसे विचरण करोगे। अवशिष्ट प्राणियोंमें तुम जिस प्रकार अवस्थान करोगे, वह भी बताये देता हूँ ॥ २१–२४ ॥ तुम वृक्षोंमें कोटररूपसे, पत्रोंमें पीलापन तथा पत्रसंकोचरूपसे, फलोंमें आतुर्यरूपसे, पद्मिनीमें हिमरूपसे, मिट्टीमें ऊसररूपसे, जलमें नीलिकारूपसे, मयूरोंमें शिखाके उद्भवरूपसे, पर्वतोंमें गेरूके रूपसे तथा गौओंमें अपस्मार

मुक्तो हृषीकेशं ज्वरो वाक्यमथाब्रवीत् ॥ १४ ॥ शृणुष्व मम गोविन्द विज्ञाप्यं यदुनन्दन ॥ यो मे मनोरथो देव तं त्वं कुरु महाभुज ॥ १५ ॥
अहमेको ज्वरस्तात नान्यो लोके ज्वरो भवेत् ॥ त्वत्प्रसादाद्धि देवेश वरमेनं वृणोम्यहम् ॥ १६ ॥ देव उवाच ॥ एवं भवतु भद्रं ते यथा त्वं ज्वर
काङ्क्षसे ॥ वरार्थिनां वरो देयो भवांश्च शरणं गतः ॥ १७ ॥ एक एव ज्वरो लोके भवानस्तु यथा पुरा ॥ योऽयं मया ज्वरः सृष्टो मय्येवैष प्रली-
यताम् ॥ १८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्ते तु वचने ज्वरं प्रति महायशाः ॥ कृष्णः प्रहरतां श्रेष्ठः पुनर्वाक्यमुवाच ह ॥ १९ ॥ वासुदेव
उवाच ॥ शृणुष्व ज्वर संदेशं यथा लोके चरिष्यसि ॥ सर्वजातिषु विश्रब्धं यथा स्थावरजङ्गमे ॥ २० ॥ त्रिधा विभज्य चात्मानं मत्प्रियं यदि
काङ्क्षसे ॥ चतुष्पदान्भजैकेन द्वितीयेन च स्थावरान् ॥ २१ ॥ तृतीयो यश्च ते भागो मानुषेषूपपत्स्यते ॥ त्रिधाभूतं वपुः कृत्वा पक्षिषु त्वं भव
ज्वर ॥ २२ ॥ चतुर्थो यस्तृतीयस्य भविष्यति स ते ध्रुवम् ॥ एकान्तरस्तृतीयस्तु स वै चातुर्थिको ज्वरः ॥ २३ ॥ मानुषेष्वभिभेदेन वस त्वं प्रवि-
भज्य वै ॥ जातिष्वथावशेषासु निवस त्वं शृणुष्व मे ॥ २४ ॥ वृक्षेषु कीटरूपेण तथा संकोचपत्रकः ॥ पाण्डुपुत्रश्च विख्यातः फलेष्वातुर्यमेव च
॥ २५ ॥ अपां तु नीलिकां विद्याच्छिखोद्भेदेन बर्हिणाम् ॥ पद्मिन्यादौ हिमो भूत्वा पृथिव्यामपि चोषरः ॥ २६ ॥ गैरिकः पर्वतेष्वेव मत्प्रसादा-
द्भविष्यसि ॥ गोष्वपस्मारको भूत्वा खोरकश्च भविष्यसि ॥ २७ ॥ एवं त्वं बहुरूपेण भविष्यसि महीतले ॥ दर्शनात्स्पर्शनाच्चापि प्राणिनां वध-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवं खोरकरूपसे विचरण करोगे। इस प्रकार जगतीतलमें तुम विविध रूप धारण करके विचरोगे। तुम्हारे दर्शन तथा स्पर्शमात्रसे प्राणीका विनाश हो जाया करेगा ॥२५-२८॥ मनुष्यों और देवताओंके सिवाय अन्य कोई भी प्राणी तुम्हारे वेगको नहीं सह सकेगा। वैशम्पायन कहते हैं--हे महाराज! भगवान कृष्णके वचन सुनकर ज्वर बहुत प्रसन्न हुआ ॥ २९ ॥ तदनन्तर प्रणाम करके और हाथ जोड़कर उसने कहा--हे माधव! जगत्‌के सब प्राणियोंपर आपने मेरी प्रभुता स्थापित कर दी। अतएव मैं कृतार्थ हो गया ॥३०॥ किन्तु मैं आपका कौन-सा प्रिय कार्य करूँ, वह भी बता देनेकी कृपा करिए ॥ ३१ ॥ असुरकुलनाशक त्रिपुरारि शंकर भगवानने मेरी सृष्टि की है, किन्तु जब आज मैं आपके द्वारा पराजित हो गया तो आप मेरे प्रभु हो गये और मैं आपका किंकर हो गया ॥ ३२ ॥ आपने मेरी अभिलाषा पूर्ण कर दी। अतएव मैं धन्य और अनुगृहीत हूँ। हे चक्रायुध! मुझे आज्ञा दीजिए कि मैं आपकी

मेष्यसि ॥ २८ ॥ ऋते देवमनुष्याणां नान्यस्त्वां विसहिष्यति ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ कृष्णस्य वचनं श्रुत्वा ज्वरो हृष्टमना ह्यभूत् ॥ २९ ॥ प्रोवाच वचनं किंचित्प्रणमित्वा कृताञ्जलिः ॥ ज्वर उवाच ॥ सर्वजातिप्रभुत्वेन कृतो धन्योऽस्मि माधव ॥ ३० ॥ भूयश्च ते वचः कर्त्तुमिच्छामि पुरुषर्षभ ॥ तदाज्ञापय गोविन्द किं करोमि महाभुज ॥ ३१ ॥ अहमसुरकुलप्रमाथिना त्रिपुरहरेण हरेण निर्मितः ॥ रणशिरसि विनिर्जितस्त्वया प्रभुरसि देव तवास्मि किङ्करः ॥ ३२ ॥ धन्योऽस्म्यनुगृहीतोऽस्मि यत्त्वया मत्प्रियं कृतम् ॥ आज्ञापय प्रियं किं ते चक्रायुध करोम्यहम् ॥ ३३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ज्वरस्य वचनं श्रुत्वा वासुदेवोऽब्रवीद्वचः ॥ अभिसंधिं शृणुष्वाद्य यत्त्वां वक्ष्यामि निश्चयात ॥ ३४ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ महाहवे तव मम च द्वयोरिमं पराक्रमं भुजबलकेवलाश्रयोः ॥ प्रणम्य मामेकमनाः पठेत्तु यः स वै भवेज्ज्वर विगतज्वरो नरः ॥ ३५ ॥ त्रिपाद्भस्मप्रहरणस्त्रिशिरा नवलोचनः ॥ स मे प्रीतः सुखं दद्यात्सर्वामयपतिर्ज्वरः ॥ ३६ ॥ आद्यन्तवन्तः कवयः पुराणाः सूक्ष्मा बृहन्तोऽप्यनुशासितारः ॥ सर्वान्ज्वरान्घ्नन्तु ममानिरुद्धप्रद्युम्नसङ्कर्षणवासुदेवाः ॥ ३७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्तस्तु कृष्णेन ज्वरः साक्षान्महात्मना ॥ प्रोवाच यदुशार्दूलमेवमेतद्भविष्यति ॥ ३८ ॥ वरं लब्ध्वा ज्वरो हृष्टः कृष्णाच्च समयं पुनः ॥ प्रणम्य शिरसा कृष्णमपक्रान्तस्ततो रणात् ॥ ३९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि ज्वरकृष्णसंवादो नाम षड्विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२६ ॥

क्या सेवा करूँ ॥ ३३ ॥ वैशम्पायन बोले--हे महाराज! ज्वरके वचन सुनकर भगवान वासुदेव बोले--हे ज्वर! मेरा जो उद्देश्य है उसे बताता हूँ, सुनो ॥ ३४ ॥ भगवानने कहा--जो व्यक्ति भक्तिपूर्वक मुझे प्रणाम करके इस समरमें प्रकटित तुम्हारा और हमारा पराक्रम तथा अधोलिखित दो मन्त्रोंका पाठ करे, वह ज्वरमुक्त हो जाय ॥ ३५ ॥ दोनों मन्त्र ये हैं—त्रिपाद, भस्मायुध, त्रिशिरा, नवलोचन तथा सब व्याधियोंके अधिपति ज्वर प्रसन्न होकर मुझे सुख प्रदान करे ॥ ३६ ॥ आद्यन्तवान्, कवि, पुराण पुरुष, सूक्ष्म, बृहत् तथा अनुशासक अनिरुद्ध, प्रद्युम्न, बलराम और भगवान वासुदेव मेरे सभी ज्वरोंको नष्ट कर दें ॥ ३७ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर महाबली और परम पराक्रमी ज्वर 'ऐसा ही होगा' यों कहकर सभय चित्तसे भगवानको प्रणाम करके समरभूमिसे बाहर चला गया ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेज-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षड्विंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२६ ॥

(कृष्ण-शिवयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर बलराम, कृष्ण और प्रद्युम्न ये तीनों महावीर तीनों अग्नियोंके समान देदीप्यमान होते हुए गरुड़की पीठपर आरूढ़ होकर युद्ध करने लगे ॥ १ ॥ उनकी बाणवर्षासे समस्त दैत्यसेना ढँक गयी । वे समरभूमिमें सैनिकोंको विमर्दित करके गर्जन करने लगे ॥ २ ॥ इधर भयानक दानवी सेना सुदर्शनचक्र, लांगलास्त्र एवं बाणवर्षासे नितान्त निपीडित होकर अत्यन्त क्रुद्ध हो उठी ॥३॥ जैसे तृणमें संलग्न अग्नि सूखे ईंधनका संयोग पाकर बढ़ जाती है, उसी प्रकार भगवान कृष्ण-का बाणरूपी अनल सैन्यरूपी सूखा ईंधन पाकर अत्यधिक बढ़ गया ॥ ४ ॥ प्रलयाग्निके समान भीषण उस अनलमें हजारों दानवी सेना भस्मसात् होने लगी ॥ ५ ॥ इस प्रकार विविध शस्त्रास्त्रोंसे अपनी सेनाको विमर्दित होते देखकर दैत्यराज बाणासुर वहाँ आ पहुँचा और उन्हें भागनेसे रोकता हुआ कहने लगा—सैनिकों ! तुमलोग ऐसी तुच्छताका अवलम्बन करके

वैशम्पायन उवाच ॥ ततस्ते त्वरिताः सर्वे त्रयस्त्रय इवाग्नयः ॥ वैनतेयमथारुह्य युध्यन्ते रणमूर्द्धनि ॥ १ ॥ ततः सर्वाण्यनीकानि बाण-वर्षैरवाकिरन् ॥ अर्दयन्वैनतेयस्था नदन्तोऽतिबलाद्रणे ॥ २ ॥ चक्रलाङ्गलपातैश्च बाणवर्षैश्च पीडितम् ॥ संचुकोप महानीकं दानवानां दुरासदम् ॥ ३ ॥ कक्षेऽग्निरिव संवृद्धः शुष्केन्धनसमीरितः ॥ कृष्णबाणाग्निरुद्भूतो विवृद्धिं परमां गतः ॥ ४ ॥ दानवानां सहस्राणि तस्मिन्समरमूर्द्धनि ॥ युगान्ताग्निरिवार्चिष्मान्दहमानो व्यराजत ॥ ५ ॥ तां दीप्यमानां महतीं नानाप्रहरणार्दिताम् ॥ सेनां बाणः समासाद्य वारयन् वाक्यमब्रवीत् ॥ ६ ॥ लाघवं समुपागम्य किमर्थं भयविक्लवाः ॥ दैत्यवंशसमुत्पन्नाः पलायध्वं महाहवात् ॥ ७ ॥ कवचासिगदाप्रासखड्गचर्मपरश्वधान् ॥ उत्सृज्योत्सृज्य गच्छन्ति किं भवन्तोऽन्तरिक्षगाः ॥ ८ ॥ स्वजातिं चैव वासं च हरसंसर्गमेव च ॥ मानयद्भिर्न गन्तव्यमेषो ह्यहमवस्थितः ॥ ९ ॥ एवमुच्चरितं वाक्यं शृण्वन्तस्तदचिन्तयन् ॥ अपाक्रामन्त ते सर्वे दानवा भयमोहिताः ॥ १० ॥ प्रमाथगणशेषं तु तदनीकमतिष्ठत ॥ भग्नावशेषं युद्धाय पुनश्चक्रे मनस्तदा ॥११॥ कुम्भाण्डो नाम बाणस्य सखाऽमात्यश्च वीर्यवान् ॥ भग्नं स्वबलमालोक्य इदं वचनमब्रवीत् ॥ १२ ॥ एष बाणः स्थितो युद्धे शंकरोऽयं गुहस्तथा ॥ किमर्थं बलमुत्सृज्य भवन्तो यान्ति मोहिताः ॥ १३ ॥ एवं कुम्भाण्डवाक्यं ते शृण्वन्तो भयविह्वलाः ॥

भयवश रणभूमिसे भाग क्यों रहे हो ? ॥ ६ ॥ ७ ॥ कवच, असि, चर्म, गदा, प्रास और परशु प्रभृति शस्त्रोंको त्यागकर अन्तरिक्षमें पलायन करनेका क्या प्रयोजन है ? ॥ ८ ॥ तुम किस वंशमें उत्पन्न हुए हो, तुम्हारा कितना व्यापक प्रभाव है और साक्षात् शंकर भगवान नित्य तुम्हारे सम्पर्कमें रहते हैं, इन बातोंका तो तनिक स्मरण करो । देखो, मैं स्वयं यहाँ खड़ा हूँ । अब तुम्हें पलायन नहीं करना होगा ॥ ९ ॥ दैत्यराजके इन वचनोंको सुनकर भयविह्वल दानवगण क्षणभर सोचकर लौट पड़े और फिर युद्धके लिए प्रस्तुत हो गये ॥ १० ॥ अवशिष्ट प्रमथगणोंके साथ वह दानवी सेना पुनः समरक्षेत्रमें युद्ध करनेके लिए आ डटी ॥ ११ ॥ उसी समय बाणासुरके मन्त्री तथा मित्र कुम्भाण्डने भी उन समरविमुख सैनिकोंको सम्बोधित करके कहा—सैनिकों ! बाणासुर, स्वयं शंकरजी और कार्तिकेय ये सब समराङ्गणमें उपस्थित हो रहे हैं । तब तुमलोग क्यों रणमें पीठ दिखाकर भाग रहे हो ? ॥ १२ ॥ १३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन सैनिकोंने कुम्भाण्डके वचन सुने सही, किन्तु भगवानके चक्राग्निसे अत्यन्त उद्विग्न होकर चारों ओर निकल भागे ॥ १४ ॥ इस प्रकार कृष्ण भगवानके तेजसे सेनाको छिन्न-भिन्न होते देखकर शंकरजीको असह्य हो उठा और लाल नेत्र किये हुए वे स्वयं रणभूमिमें युद्ध करनेके लिए आ उपस्थित हुए ॥ १५ ॥ बाणासुरकी रक्षाके निमित्त वे अग्नि सदृश तेजस्वी रथपर सवार हुए। कुमार कार्तिकेय तथा नन्दी भी उसी रथपर बैठे। तदनन्तर दाँतोंसे होंठ काटते हुए शिवजी श्रीकृष्ण भगवानकी ओर झपटे ॥ १६ ॥ १७ ॥ नभमण्डलको पीनेवाले शिवजीके सिंहसंयुक्त तथा घोर शब्द करनेवाले रथको देखकर ऐसा लगता था कि मानो पूर्ण चन्द्रमा मेघराशिसे उन्मुक्त हो गया है ॥ १८ ॥ रथके चारों ओर बिकट आकार-प्रकारके प्रमथगण भयंकररूपसे गर्जन करने लगे ॥ १९ ॥ उन शिवगणोंमें किसीका सिंहमुख, किसीका व्याघ्रमुख, किसीका नागमुख, किसीका उष्ट्रमुख, किसीका अश्वमुख, किसीका छागमुख, किसीका शृगालमुख, कुछका मार्जारमुख और कुछका मेष जैसा मुख था। कुछ वस्त्रधारी, कुछ शिखाधारी, कुछ जटाधारी और कुछ ऊर्ध्वकेश थे। उनमेंसे कुछ सर्पका यज्ञोपवीत

एकान्ते भयवित्रस्ताः सर्वे यांति दिशो दश ॥ १४ ॥ भग्नं बलं ततो दृष्ट्वा कृष्णेनामिततेजसा ॥ संरक्तनयन. स्थाणुर्युद्धाय पर्यवर्तत ॥ १५ ॥
बाणसंरक्षणं कर्तुं रथमास्थाय सुप्रभम् ॥ देवः कुमारश्च तथा रथेनाग्निसमेन वै ॥ १६ ॥ नन्दीश्वरसमायुक्त रथमास्थाय वीर्यवान् ॥ दष्टौष्ठपुटो
रुद्रः प्राधावत यतो हरिः ॥ १७ ॥ पिबन्निव तदाकाशं सिंहयुक्तो महास्वनः ॥ रथो भाति घनोन्मुक्तः पौर्णमास्यां यथा शशी ॥ १८ ॥ ततो
गणसहस्रैस्तु नानारूपैर्भयावहैः ॥ नदद्भिर्विविधान्नादानथो देवस्य शोभयन् ॥१९॥ केचित्सिंहमुखास्तत्र तथा व्याघ्रमुखाः परे॥नागाश्वोष्ट्रमुखास्तत्र प्रवे-
पुरतिपीडिताः ॥२०॥ व्यालयज्ञोपवीताश्च केचित्तत्र महाबलाः॥ खरोष्ट्रगजवक्त्राश्च अश्वग्रीवाश्च संस्थिताः॥२१॥ छागमार्जारवक्त्राश्च मेषवक्त्रास्तथा
परे ॥ चीरिणः शिखिनश्चान्ये जटिलोर्ध्वशिरोरुहाः ॥२२॥ लग्नाः परिपतन्ति स्म शंखदुन्दुभिनिःस्वनैः ॥ केचित्सौम्यमुखास्तत्र दिव्यैः शस्त्रैरलंकृताः
॥ २३ ॥ नानापुष्पकृतापीडा नानाप्रहरणायुधाः ॥ वामना विकटाश्चैव सिंहव्याघ्रपरिच्छदाः ॥२४॥ रुधिरार्द्रैर्महावक्त्रैर्महादंष्ट्रा बलिप्रियाः ॥ देवं
संपरिवार्याथ महाशत्रुप्रमर्दनम् ॥२५॥ लीलायमानास्तिष्ठन्ति संग्रामाभिमुखोन्मुखाः ॥ ततो दिव्यं रथं दृष्ट्वा रुद्रस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ २६ ॥ कृष्णो
गरुडमास्थाय ययौ रुद्राय संयुगे ॥ वैनतेयस्थमास्यन्तमायान्तमग्रणीं हरिम् ॥२७॥ विव्याध कुपितो बाणैर्नाराचानां शतेन सः ॥ स शरैरर्दितस्तेन

धारण किये थे और कुछकी ग्रीवा अश्वसदृश थी ॥ २० ॥ २१ ॥ वे सब शंख तथा दुन्दुभी बजाते हुए शंकरजीके रथके साथ नंगे चल रहे थे। उनमेंसे कुछका मुख बहुत सुन्दर था और वे दिव्य शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित थे ॥ २२ ॥ २३ ॥ अधिकांश रुद्रगण पुष्पोंका मुकुट धारण किये और नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र लिये हुए थे। उन प्रमथोंमें बहुतेरे नाटे और कितने ही विकटाकार थे। किसीका पहनावा सिंहचर्म और किसीका व्याघ्रचर्म था ॥ २४ ॥ उन सबके बड़े-बड़े मुख रुधिरसे भीगे थे। उनके दाँत बहुत बडे बडे थे और उन सबको महामांस तथा बलि विशेष प्रिय था। वे शत्रुमर्दनकारी शंकर भगवानको घेरकर समरोन्मुख होते हुए बड़े उत्साहके साथ आगे बढ़ रहे थे। मार्गमें उनके विविध खेल हो रहे थे। उसी समय भगवान कृष्णने रथारूढ़ रुद्रदेवको देख गरुड़पर सवार होकर बड़े वेगसे बाणवर्षा करते हुए उनकी ओर दौड़े। सम्मुख पहुँचनेपर बड़े क्रुद्ध महादेवजीने श्रीकृष्णभगवानको सौ बाणोंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाँध दिया। शिवजीके बाणोंसे आहत होकर श्रीकृष्णने बड़े क्रोधके साथ पार्जन्य अस्त्र उठाया। उस समय श्रीकृष्ण तथा शंकरजीके प्रतापसे पीडित होकर पृथिवी काँपने लगी ॥ २८–२९ ॥ अब नाग लोग ऊर्ध्वमुख करके भागने लगे तो पर्वत फट-फटकर गिर गये और उनमेंसे जलधारा बहने लगी ॥३०॥ कुछ पर्वतोंके शिखर छितरा गये। शिवजी और कृष्ण भगवानका सामना होनेपर सभी दिशा, प्रदिशा, भूमि और आकाश जैसे प्रज्वलित हो उठे। चारों ओर वज्रपात होने लगा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ वे भीमकाय पर्वतशिखर गिरते समय बड़ा भीषण धड़ाका कर रहे थे। इन्द्रदेव अलग भयंकर गर्जन करते हुए रुधिरकी वर्षा करने लगे ॥३३॥ उस समय बाणासुरकी सेनाका अग्रभाग उल्कापातसे समाच्छन्न हो गया। वायु बड़े वेगसे बहने लगा और नक्षत्रगण व्याकुल हो गये ॥ ३४ ॥ औषधियोंमें पहलेवाली प्रभा नहीं रह गयी और आकाशपथसे चलनेवाले ग्रहोंका मार्ग अवरुद्ध हो गया। उसी समय सब

हरेणाक्लिष्टकर्मणा ॥२८॥ हरिर्जग्राह कुपितो ह्यस्त्रं पार्जन्यमुत्तमम् ॥ प्रचचाल ततो भूमिर्विष्णुरुद्रप्रपीडिता ॥२९॥ नागाश्चोर्ध्वमुखास्तत्र विचेलु-
रभिपीडिताः ॥ पर्वताः पतितास्तत्र जलधाराभिराप्लुताः ॥ ३० ॥ केचिन्मुमुचिरे तत्र शिखराणि समन्ततः ॥ दिशश्च प्रदिशश्चैव भूमिराकाश-
मेव च ॥३१॥ प्रदीप्तानीव दृश्यन्ते स्थाणुकृष्णसमागमे ॥ समन्ततश्च निर्घाताः पतन्ति धरणीतले ॥ ३२ ॥ शिवाश्चैवाशिवान्नादान्नदन्ते भीमद-
र्शनाः ॥ वासवश्चानदद्घोरं रुधिरं चाप्यवर्षत ॥ ३३ ॥ उल्का च बाणसैन्यस्य पुच्छेनावृत्य तिष्ठति ॥ प्रववौ मारुतश्चापि ज्योतींष्याकुलतामियुः
॥ ३४ ॥ प्रभाहीनास्तथौषध्यो न चरन्त्यन्तरिक्षगाः ॥ एतस्मिन्नन्तरे ब्रह्मा सर्वदेवगणैर्वृतः ॥ ३५ ॥ त्रिपुरान्तकमुद्यन्तं ज्ञात्वा रुद्रमुपागमत् ॥
गन्धर्वाप्सरसश्चैव यक्षा विद्याधरास्तथा ॥ ३६ ॥ सिद्धचारणसङ्घाश्च पश्यन्तोऽथ दिवि स्थिताः ॥ ततः पार्जन्यमस्त्रं तत्क्षिप्तं रुद्राय विष्णुना
॥३७॥ ययौ ज्वलन्नथ तदा यतो रुद्रो रथस्थितः ॥ ततः शतसहस्राणि शराणां नतपर्वणाम् ॥३८॥ निपेतुः सर्वतो दिग्भ्यो यतो हररथः स्थितः ॥
अथाग्नेयं महारौद्रमस्त्रमस्त्रविदां वरः ॥ ३९ ॥ मुमोच रुषितो रुद्रस्तदद्भुतमिवाभवत् ॥ ततो विशीर्णदेहास्ते चत्वारोऽपि समन्ततः ॥ ४० ॥
नादृश्यन्त शरैश्छन्ना दह्यमानाश्च वह्निना ॥ सिंहनादं ततश्चक्रुः सर्व एवासुरोत्तमाः ॥ ४१ ॥ हतोऽयमिति विज्ञाय आग्नेयास्त्रेण वै तदा ॥
ततस्तद्विसहित्वाऽजो ह्यस्त्रमस्त्रविदां वरः ॥ ४२ ॥ जग्राह वारुणं सोऽस्त्रं वासुदेवः प्रतापवान् ॥ प्रत्युक्ते वासुदेवेन वारुणास्त्रेऽतितेजसि ॥ ४३ ॥

देवताओंके साथ ब्रह्माजी त्रिपुरारि शंकर भगवानको युद्धके लिए उद्यत देखकर वहाँ जा पहुँचे। गन्धर्व, अप्सरा, यक्ष, विद्याधर, सिद्ध और चारण आकाशमण्डलमें स्थित होकर वह युद्ध देखने लगे। तभी भगवान कृष्णने रुद्रदेवको लक्ष्य करके अपना पर्जन्यास्त्र छोड़ दिया ॥ ३५–३७ ॥ वह अस्त्र जलजलाता हुआ महादेवकी ओर चला। इसी बीच हजारों नतपर्व बाण चारों ओरसे शिवजीके रथपर गिरने लगे। तब अस्त्रविद्याविशारदोंमें अग्रणी शंकर भगवानने कुपित होकर अतिशय भयानक आग्नेय अस्त्रका प्रयोग कर दिया। उनके ऐसा करनेसे एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गयी। उस समय कृष्ण, बलराम, प्रद्युम्न तथा गरुड़ कोई भी नहीं दीखता था। शंकर भगवान द्वारा प्रेरित आग्नेयास्त्रके प्रभावसे अवरुद्ध होकर सबलोग जलने लगे। उनकी दशा देखकर असुरगण सिंहगर्जन करने लगे ॥ ३८–४१ ॥ क्योंकि उन्होंने समझा था कि श्रीकृष्ण-बलराम आदि शत्रु आग्नेयास्त्रमें जलकर मर गये। किन्तु इधर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीकृष्णने शैव अस्त्रका प्रहार सह लिया और अपना वारुणास्त्र सम्हाला। भगवानके अतितेजस्वी वारुणास्त्रका प्रयोग करनेपर शिवजीका आग्नेयास्त्र शान्त हो गया। उस अस्त्रके निस्तेज हो जानेपर शंकरजीने प्रलयाग्निके सदृश भीषण पैशाच, राक्षस, रौद्र तथा आङ्गिरस इन चार अस्त्रोंका एक साथ प्रयोग कर दिया ॥ ४२–४५ ॥ तब कृष्ण भगवानने भी उन चारों अस्त्रोंका निवारण करनेके लिए वायव्य, सावित्र, वासव तथा मोहन ये चार अस्त्र छोड़े ॥ ४६ ॥ उन चारों अस्त्रोंके प्रयोगसे शंकरजीके चारों अस्त्र शान्त हो गये। तत्पश्चात् कृष्णने मुँह बाये हुए यमराजके समान भीषण वैष्णवास्त्र छोड़ा ॥ ४७ ॥ उनके उस अस्त्रको छोड़ते ही सब असुर, यक्ष, भूत तथा बाणासुरकी समस्त सेना भयभीत होकर चारों ओर भागने लगी। इस प्रकार अधिकांश प्रमथगणोंसे परिपूर्ण राक्षसी सेनाके छितरा जानेपर बाणासुर स्वयं बड़ी शीघ्रतासे युद्धके लिए अग्रसर हुआ। अगणित महाबली दैत्य नाना शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित हो

आग्नेयं प्रशमं यातमस्त्रं वारुणतेजसा ॥ तस्मिन्प्रतिहते त्वस्त्रे वासुदेवेन संयुगे ॥ ४४ ॥ पैशाचं राक्षसं रौद्रं तथैवाङ्गिरसं भवः ॥ मुमोचास्त्राणि
चत्वारि युगान्ताग्निनिभानि वै ॥ ४५ ॥ वायव्यमथ सावित्रं वासवं मोहनं तथा ॥ अस्त्राणां वारणार्थाय वासुदेवो व्यमुञ्चत ॥ ४६ ॥ अस्त्रैश्च-
तुर्भिश्चत्वारि वारयित्वाऽऽशु माधवः ॥ मुमोच वैष्णवं सोऽस्त्रं व्यादितास्यान्तकोपमम् ॥ ४७ ॥ वैष्णवास्त्रे प्रयुक्ते तु सर्व एवासुरोत्तमाः ॥
भूतयक्षगणाश्चैव बाणानीकं च सर्वशः ॥ ४८ ॥ दिशः सर्वाः प्राप्नुवन्त भयमोहेन विक्लवाः ॥ प्रमाथगणभूयिष्ठे दीर्णे सैन्ये महासुरः ॥ ४९ ॥
निर्जगाम ततो बाणो युद्धायाभिमुखस्त्वरन् ॥ भीमप्रहरणैर्घोरैर्दैत्यैश्च सुमहाबलैः ॥ वृतो महारथैर्वीरैर्वज्रीव सुरसत्तमः ॥ ५० ॥ वैशम्पायन
उवाच ॥ जपैश्च होमैश्च तथौषधीभिर्महात्मनः स्वस्त्ययनं प्रचक्रुः ॥ स तत्र वस्त्राणि शुभाश्च गावः फलानि पुष्पाणि तथैव निष्कान् ॥५१॥ बलेः सुतो
ब्राह्मणेभ्यः प्रयच्छन्दिराजते तेन यथा धनेशः ॥ सहस्रसूर्यो बहुकिंकिणीकः परार्ध्यजाम्बूनदरत्नचित्रः ॥ ५२ ॥ सहस्रचन्द्रायुततारकश्च रथो
महानग्निरिवावभाति ॥ तमास्थितो दानवसंगृहीतं महाध्वजं कार्मुकधृक्स बाणः ॥ ५३ ॥ उद्वर्त्तयिष्यन्यदुपुङ्गवानामतीव रौद्रं स बिभर्ति रूपम् ॥
स मन्युमान्वीररथौघसंकुलो विनिर्ययौ तान्प्रति दैत्यसागरः ॥ ५४ ॥ वातप्रवृद्धस्तु तरङ्गसंकुलो यथाऽर्णवो लोकविनाशनाय ॥ भीमानि

तथा बड़े-बड़े रथोंपर सवार होकर उसी तरह उसके साथ चले, जैसे बड़े-बड़े देवता इन्द्रके साथ चलते हैं ॥ ४८–५० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! जब बाणासुर युद्धयात्राके लिए सन्नद्ध हुआ, तब ब्राह्मणगण जप, मन्त्रपाठ तथा महौषधिदान आदि विविध प्रकारके स्वस्त्ययन करने लगे। उस समय असुरराज बाणासुर कुबेरकी तरह उदार होकर उन्हें धन, वस्त्र, गौ तथा फल आदि प्रदान करके सहस्र सूर्यसम तेजस्वी, बहुकिंकिणीसमलंकृत, उच्चकोटिके सुवर्ण तथा रत्नोंसे सुसज्जित, सहस्र चन्द्रमा तथा दस सहस्र तारिकाओंयुक्त होनेके कारण अग्निसदृश तेजस्वी रथपर धनुष धारण करके सवार हुआ। उसपर ऊँची ध्वजा फहरा रही थी ॥ ५१–५३ ॥ उस समय दानवराज बाणासुरने यादवोंको नष्ट करनेके विचारसे बहुत ही भयानक रूप धारण कर रक्खा था। उसके साथ महारथसंकुल दैत्यसमुद्र प्रबल वेगसे उमड़ पड़ा ॥ ५४ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो तूफानके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कारण समुद्र क्षुब्ध होकर सब लोगोंका विनाश कर देनेके लिए उद्यत हो गया है। उसके आगे भीमकाय महारथी सैनिक धनुष तानकर पर्वतयुक्त वनके समान खड़े थे और स्वयं असुरराज बाणासुर उनके पीछे था ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२७ ॥

(हरिहरात्मक स्तव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस समय समस्त संसारमें अन्धकार छा गया। रुद्रदेव, नन्दी तथा रथ कुछ भी नहीं दिखायी देता था ॥ १ ॥ रोष तथा बलके कारण रुद्रदेवका शरीर दूना हो गया था। तत्काल उन्होंने त्रिपुरनाशक तथा चतुर्मुख बाण लेकर धनुषपर चढ़ाया। सबके मनकी बात जाननेवाले भगवान कृष्णको जब शंकर भगवानकी योजनाका पता लगा तो तुरन्त जृम्भणास्त्र सम्हाला और बड़ी फुर्तीके साथ उन्होंने उसे शिवजीपर चला दिया ॥ २–४ ॥ जिससे राक्षसों तथा असुरोंके विजयी शिवजी श्रीकृष्णके

सन्त्रासकरैर्वपुर्भिस्तान्यग्रतो भान्ति बलानि तस्य ॥ ५५ ॥ महारथान्युच्छ्रितकार्मुकाणि सपर्वतानीव वनानि राजन् ॥ विनिःसृतः सागरतोयवासादत्यद्भुतश्चाहवद्रष्टुकामः ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि रुद्रकृष्णयुद्धे सप्तविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अन्धकारीकृते लोके प्रदीप्ते त्र्यम्बके तथा ॥ न नन्दी नापि च रथो न रुद्रः प्रत्यदृश्यत ॥ १ ॥ द्विगुणं दीप्तदेहस्तु रोषेण च बलेन च ॥ त्रिपुरान्तकरो बाणं जग्राह स चतुर्मुखम् ॥ २ ॥ सन्दधत्कार्मुकं चैव क्षेप्तुकामस्त्रिलोचनः ॥ विज्ञातो वासुदेवेन चित्तज्ञेन महात्मना ॥ ३ ॥ जृम्भणं नाम सोऽप्यस्त्रं जग्राह पुरुषोत्तमः ॥ हरं संजम्भयामास क्षिप्रकारी महाबलः ॥ ४ ॥ सशरः सधनुश्चैव हरस्तेनाशु जृम्भितः ॥ संज्ञां न लेभे भगवान्वितेजाऽसुररक्षसाम् ॥ ५ ॥ बलोन्मत्तोऽथ बाणोऽसौ शर्वं चोदयताऽसकृत् ॥ ततो ननाद भूतात्मा स्निग्धगम्भीरया गिरा ॥ ६ ॥ प्रध्मापयामास तदा कृष्णः शङ्खं महाबलः ॥ पाञ्चजन्यस्य घोषेण शार्ङ्गविस्फूर्जितेन च ॥ ७ ॥ देवं विजृम्भितं दृष्ट्वा सर्वभूतानि तत्रसुः ॥ एतस्मिन्नन्तरे तत्र रुद्रस्य पार्षदा रणे ॥ ८ ॥ मायायुद्धं समाश्रित्य प्रद्युम्नं पर्यवारयन् ॥ सर्वांस्तु निद्रावशगान्कृत्वा मकरकेतुमान् ॥ ९ ॥ दानवान्नाशयत्तत्र शरजालेन वीर्यवान् ॥ प्रमाथगणभूयिष्ठांस्तत्र तत्र महाबलान् ॥ १० ॥ ततस्तु जृम्भमाणस्य देवस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ ज्वाला प्रादुरभूद्वक्त्राद्दहतीव दिशो दश ॥ ११ ॥ ततस्तु धरणी देवी पीड्यमाना महात्मभिः ॥ ब्रह्माणं विश्वधातारं वेपमानाऽभ्यु-

जृम्भणास्त्रसे अचेत हो गये। उनका धनुष-बाण ज्योंका त्यों उनके हाथमें ही पड़ा रह गया ॥ ५ ॥ किन्तु बलमदत्त बाणासुर 'अब आप दूसरा बाण चलाइए' ऐसा कहकर शिवजीको बार-बार उत्तेजित करने लगा। उसी समय महाबली तथा परम पराक्रमी भूतात्मा श्रीकृष्ण स्निग्ध तथा गम्भीर गर्जन करके अपना पाञ्चजन्य शंख बजाने लगे। सभी संसारी जीव शिवजीको अचेत देख तथा पाञ्चजन्य शंख एवं शार्ङ्गधनुषके टंकोरका शब्द सुनकर अत्यन्त भयभीत हो उठे। इसी बीच शंकर भगवानके गणोंने मायायुद्धकी सहायतासे प्रद्युम्नको घेर लिया। किन्तु मकरकेतु प्रद्युम्नने अपने शस्त्रबलसे उन सबको निद्रित कर दिया ॥ ६–९ ॥ इसके बाद वे अपनी विकराल बाणवर्षा करके शिवगणों समेत दानवकुलका संहार करने लगे ॥ १० ॥ इधर अक्लिष्टकर्मा शंकर भगवानने जैसे ही जँभाई लेनेके लिए मुँह बाया, तैसे ही उनके मुखसे भीषण आगकी लपटें निकलने लगीं। उस अग्निके प्रभावसे दसों दिशायें जलने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगीं ॥ ११ ॥ उसी समय उन महात्माओंके संघर्षसे पीड़ित होकर काँपती हुई देवी पृथिवी उदारस्वभाव ब्रह्माजीके निकट जा पहुँची ॥ १२ ॥ वहाँ जाकर पृथिवी बोली—हे देवदेव ! हे महाबाहो ! मैं श्रीकृष्ण और रुद्रदेवके महातेजसे कातर हो उठी हूँ। ऐसा मालूम पड़ता है कि इन दोनोंके द्वारा आक्रान्त होकर मुझे डूब जाना पड़ेगा ॥ १३ ॥ हे लोकपितामह ! आप विवेचना करके देखिए। अब मैं और अधिक भार नहीं सह सकूँगी। अतएव जिस उपायसे मेरा भार हल्का हो और मैं सचराचर विश्वको धारण कर सकूँ, वैसा कोई उपाय करिए ॥ १४॥ तब पितामह ब्रह्माने कश्यपतनया पृथिवीको सम्बोधित करके कहा–'हे पृथिवी ! तुम मुहूर्तभर और धैर्य धारण करो। इसके बाद तुम्हारा भार हल्का हो जायगा' ॥१५॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर ब्रह्माजीने रुद्रदेवके पास जाकर कहा–प्रभो ! आपने स्वयं इस महान् असुरके वधका विधान किया था। तब आप इस समय उसकी रक्षा क्यों कर रहे हैं ? ॥ १६ ॥ और फिर श्रीकृष्णके साथ युद्ध करना तो आपके लिए कदापि उचित नहीं है। क्योंकि वे आपकी ही दूसरी आत्मा हैं। क्या इस बातका आपको ख्याल नहीं है ? ॥ १७ ॥

पागमत् ॥ १२ ॥ पृथिव्युवाच ॥ देवदेव महाबाहो पीड्यामि परमौजसा ॥ कृष्णरुद्रभराक्रान्ता भविष्यैकार्णवा पुनः ॥ १३ ॥ अविषह्यमिमं भारं चिन्तयस्व पितामह ॥ लघ्वीभूता यथा देव धारयेयं चराचरम् ॥ १४ ॥ ततस्तु काश्यपीं देवीं प्रत्युवाच पितामहः ॥ मुहूर्तं धारयात्मानमाशु लघ्वी भविष्यसि ॥ १५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ दृष्ट्वा तु भगवान्ब्रह्मा रुद्रं वचनमब्रवीत् ॥ सृष्टो महासुरवधः किं भूयः परिरक्षसे ॥ १६ ॥ न च युद्धं महाबाहो तव कृष्णेन रोचते ॥ न च बुध्यसि कृष्णं त्वमात्मानं तु द्विधा कृतम् ॥ १७ ॥ ततः शरीरयोगाद्धि भगवानव्ययः प्रभुः ॥ प्रविश्य पश्य ते कृत्स्नांस्त्रींल्लोकान्सचराचरान् ॥ १८ ॥ प्रविश्य योगं योगात्मा वरांस्तानतुचिन्तयन् ॥ द्वारवत्यां यदुक्तं च तदनुस्मृत्य सर्वशः ॥ जगाद नोत्तरं किञ्चिन्निवृत्तोऽसौ भवत्तदा ॥ १९ ॥ आत्मानं कृष्णयोनिस्थं पश्यते ह्येकयोनिजम् ॥ ततो निःसृत्य रुद्रस्तु न्यस्तवादोऽभवन्मृधे ॥ २० ॥ ब्रह्माणं चाब्रवीद्रुद्रो न योत्स्ये भगवन्निति ॥ कृष्णेन सह संग्रामे लघ्वी भवतु मेदिनी ॥ २१ ॥ ततः कृष्णोऽथ रुद्रश्च परिष्वज्य परस्परम् ॥ परां प्रीतिमुपागम्य संग्रामादपजग्मतुः ॥ २२ ॥ न च तौ पश्यते कश्चिद्योगिनौ योगमागतौ ॥ एको ब्रह्मा तथा कृत्वा पश्यँल्लोकान्पितामहः ॥ २३ ॥ उवाचैतत्समुद्दिश्य मार्कण्डेयं सनारदम् ॥ पार्श्वस्थं परिप्रच्छ ज्ञात्वा वै दीर्घदर्शिनम् ॥ २४ ॥ पितामह

ब्रह्माजीकी बात सुनकर अविनाशी शङ्कर भगवानने श्रीकृष्णके शरीरमें प्रविष्ट होकर सचराचर तीनों लोक विद्यमान देखे ॥ १८ ॥ उस समय योगावलम्बनपूर्वक उन्होंने अपनेमें धनुषबाणयुक्त तथा जृम्भणास्त्रके प्रभावका अभाव देखा। तदनन्तर द्वारकापुरीमें उन्होंने बाणासुरविनाशविषयक जो वरदान दिया था, उसका स्मरण किया। ब्रह्माजीको उन्होंने कुछ भी प्रत्युत्तर नहीं दिया और युद्धसे सर्वथा निवृत्त हो गये ॥ १९ ॥ इस प्रकार ब्रह्माण्डदर्शनके बाद वे भगवान कृष्णके शरीरसे बाहर निकल आये और उन्होंने ब्रह्माजीसे कहा–अब मैं कृष्णके साथ युद्ध नहीं करूँगा। अब पृथिवीका भार उतर जाय तो अच्छा है ॥ २० ॥ २१ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्ण और रुद्रदेव परस्पर गले लगकर मिले और दोनों परमानन्दके साथ समरभूमिसे लौट पड़े ॥२२॥ इस प्रकार वे दोनों महायोगी परस्पर मिले, किन्तु उन्हें वैसा करते कोई नहीं देख सका। एकमात्र ब्रह्माजीने उन्हें मिलते देखा था। सो उन्हें बहुत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विस्मय हुआ और पास ही नारदके साथ विद्यमान दीर्घदर्शी महामुनि मार्कण्डेयसे उन्होंने कहा—॥२३॥२४॥ ब्रह्मन्! एक बार मैंने रात्रिके समय स्वप्न देखा था कि मन्दर पर्वतके पास पद्मवनमें विष्णुभगवान शंकरका रूप धारण करके त्रिशूल, पट्टिश तथा व्याघ्रचर्म एवं शिवजी विष्णु बनकर शंख, चक्र, गदा तथा पीताम्बर धारण किये हुए थे ॥२५॥२६॥ शंकर भगवान गरुड़पर सवार थे और विष्णुभगवान वृषभपर आरूढ़ थे ॥२७॥ स्वप्नमें यह अद्भुत कार्यकलाप देखकर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ था। सो आप इस स्वप्नका यथार्थ कारण बताइए ॥ २८॥ महामुनि मार्कण्डेय बोले—हे पितामह! शिवरूपधारी विष्णु तथा विष्णुरूपधारी शिवमें मैं कोई भेद नहीं देखता। वे दोनों सदा सबका मंगल करें॥ २९ ॥ उनका आदि, मध्य और अन्त कुछ भी नहीं है। वे नित्य और अविनाशी हैं। अब मैं उन दोनोंके हरिहरात्मक रूपके विषयमें कुछ कह रहा हूँ, सो सुनिए ॥३०॥ जो विष्णु हैं, वे ही ब्रह्मा तथा शिव हैं। एक ही

उवाच ॥ मन्दरस्य गिरेः पार्श्वे नलिन्यां भवकेशवौ ॥ रात्रौ स्वप्नान्तरे ब्रह्मन्मया दृष्टौ हराच्युतौ ॥ २५ ॥ हरं च हरिरूपेण हरिं च हररूपिणम् ॥ शंखचक्रगदापाणिं पीताम्बरधरं हरम् ॥ २६ ॥ त्रिशूलपट्टिशधरं व्याघ्रचर्मधरं हरिम् ॥ गरुडस्थं चापि हरं हरिं च वृषभध्वजम्॥ २७॥ विस्मयो मे महान्ब्रह्मन्दृष्ट्वा तत्परमाद्भुतम् ॥ एतदाचक्ष्व भगवन् याथातथ्येन सुव्रत ॥ २८ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ शिवाय विष्णुरूपाय विष्णवे शिवरूपिणे ॥ यथाऽन्तरं न पश्यामि तेन तौ दिशतः शिवम् ॥ २९ ॥ अनादिमध्यनिधनमेतदक्षरमव्ययम् ॥ तदेव ते प्रवक्ष्यामि रूपं हरिहरात्मकम् ॥ ३० ॥ यो विष्णुः स तु वै रुद्रो यो रुद्रः स पितामहः ॥ एका मूर्तिस्त्रयो देवा रुद्रविष्णुपितामहाः ॥ ३१ ॥ वरदा लोककर्त्तारो लोकनाथाः स्वयंभुवः ॥ अर्द्धनारीश्वरास्ते तु व्रतं तीव्रं समास्थिताः ॥ ३२ ॥ यथा जले जलं क्षिप्तं जलमेव तु तद्भवेत् ॥ रुद्रं विष्णुः प्रविष्टस्तु तथा रुद्रमयो भवेत् ॥ ३३ ॥ अग्निमग्निः प्रविष्टस्तु अग्निरेव यथा भवेत् ॥ तथा विष्णुं प्रविष्टस्तु रुद्रो विष्णुमयो भवेत् ॥ ३४ ॥ रुद्रमग्निमयं विद्याद्विष्णुः सोमात्मकः स्मृतः ॥ अग्नीषोमात्मकं चैव जगत्स्थावरजंगमम् ॥ ३५ ॥ कर्त्तारौ चापहर्तारौ स्थावरस्य चरस्य तु ॥ जगतः शुभकर्त्तारौ प्रभविष्णू महेश्वरौ ॥ ३६ ॥ कर्तृकारणकर्तारौ कर्तृकारणकारकौ ॥ भूतभव्यभवौ देवौ नारायणमहेश्वरौ ॥ ३७ ॥ एते चैव प्रवर्षन्ति

मूर्तिसे ब्रह्मा, विष्णु, महेश ये तीनों देवता उत्पन्न हुए हैं ॥३१॥ ये तीनों ही लोककर्ता, लोकनाथ, वरदाता और स्वयम्भु हैं। एक बार अर्धनारी और अर्धपुरुषस्वरूपसे ये तीनों मूर्तियाँ घोरतर तपस्या करने लगीं ॥ ३२ ॥ जैसे जलमें जलके मिलनेसे जल ही होगा, उसी प्रकार विष्णु रुद्रके शरीरमें प्रविष्ट हों तो वे रुद्ररूप ही होंगे ॥ ३३ ॥ जैसे अग्निमें अग्निके प्रवेशसे उसका रूप अग्नि ही होगा, उसी प्रकार शिवजी विष्णुके शरीरमें प्रविष्ट होकर विष्णुरूप हो जायँगे ॥ ३४ ॥ फलतः रुद्र, अग्नि एवं विष्णु सोमात्मक हैं। अतएव सचराचर समस्त विश्व अग्निसोमात्मक है ॥ ३' ॥ शिव और विष्णु दोनों स्थावर-जंगम सभी प्राणियोंकी सृष्टि और संहार करते ही रहते हैं। वे दोनों जगत्के शुभकर्ता और जगत्के प्रभु हैं ॥ ३६ ॥ जिन उपादानोंसे संसारकी सृष्टि होती है और जो सृष्टि करते हैं, उन सबके कर्ता वे ही हैं। वे ही दोनों भूत, भविष्य, वर्तमान तीनों कालके आधार हैं ॥३७॥ ब्रह्मा, विष्णु और महेश ये तीनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मेघरूपसे जल बरसाते, सूर्यरूपसे किरणोंका विस्तार करते और वायुरूपसे बहते हैं। हे पितामह! मैंने आपके समक्ष यह गूढ़ विषय व्यक्त किया है ॥ ३८ ॥ जो मनुष्य नित्य इस स्तोत्रका पाठ करता अथवा सुनता है, वह अन्तमें रुद्रदेव तथा विष्णुभगवानकी कृपासे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर लेता है ॥३९॥ मैं जगत्‌की सृष्टि तथा संहारके मूल कारण देवदेव महादेव, विष्णु एवं ब्रह्माकी स्तुति करता हूँ ॥४०॥ जैसे रुद्रदेवसे विष्णुभगवान श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार विष्णुभगवानसे शंकरजी श्रेष्ठ हैं। उन दोनोंकी आत्मा एक है। केवल शरीरसे द्विधाभूत होकर वे नित्य संसारमें विचरण करते रहते हैं ॥४१॥ शिव और विष्णु भिन्न नहीं हैं। शिवके बिना विष्णु नहीं रह सकते और शिव विष्णुके बिना नहीं रह सकते। इसी कारण पूर्व-कालमें वे दोनों परस्पर मिल गये थे। उन संहतचारी शिव और कृष्णभगवानको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ४२ ॥ द्विनेत्र तथा त्रिनेत्रको नमस्कार है। पिङ्गललोचन तथा कमललोचनको

भान्ति वान्ति सृजन्ति च ॥ एतत्परतरं गुह्यं कथितं ते पितामह ॥ ३८ ॥ यश्चैनं पठते नित्यं यश्चैनं शृणुयान्नरः ॥ प्राप्नोति परमं स्थानं विष्णुरुद्रप्रसादजम् ॥ ३९ ॥ देवौ हरिहरौ स्तोष्ये ब्रह्मणा सह संगतौ ॥ एतौ च परमौ देवौ जगतः प्रभवाप्ययौ ॥ ४० ॥ रुद्रस्य परमो विष्णुर्विष्णोश्च परमः शिवः ॥ एक एव द्विधाभूतो लोके चरति नित्यशः ॥ ४१ ॥ न विना शंकरं विष्णुर्न विना केशवं शिवः ॥ तस्मादेकत्व-मायातौ रुद्रोपेन्द्रौ तु तौ पुरा ॥ नमो रुद्राय कृष्णाय नमः संहतचारिणे ॥४२॥ नमः षडर्द्धनेत्राय सद्विनेत्राय वै नमः ॥ नमः पिङ्गलनेत्राय पद्मनेत्राय वै नमः ॥ ४३ ॥ नमः कुमारगुरवे प्रद्युम्नगुरवे नमः ॥ नमो धरणीधराय गङ्गाधराय वै नमः ॥ ४४ ॥ नमो मयूरपिच्छाय नमः केयूरधारिणे ॥ नमः कपालमालाय वनमालाय वै नमः ॥ ४५ ॥ नमस्त्रिशूलहस्ताय चक्रहस्ताय वै नमः ॥ नमः कनकदण्डाय नमस्ते ब्रह्मदण्डिने ॥ ४६ ॥ नमश्चर्मनिवासाय नमस्ते पीतवाससे ॥ नमोऽस्तु लक्ष्मीपतये उमायाः पतये नमः ॥ ४७ ॥ नमः खट्वांगधाराय नमो मुसलधारिणे ॥ नमो भस्माङ्गरागाय नमः कृष्णाङ्गधारिणे ॥ ४८ ॥ नमः श्मशानवासाय नमः सागरवासिने ॥ नमो वृषभवाहाय नमो गरुडवाहिने ॥ ४९ ॥ नमस्त्वने-करूपाय बहुरूपाय वै नमः ॥ नमः प्रलयकर्त्रे च नमस्त्रैलोक्यधारिणे ॥ ५० ॥ नमोऽस्तु सौम्यरूपाय नमो भैरवरूपिणे ॥ विरूपाक्षाय देवाय नमः सौम्येक्षणाय च ॥ ५१ ॥ दक्षयज्ञविनाशाय बलेर्नियमनाय च ॥ नमः पर्वतवासाय नमः सागरवासिने ॥ ५२ ॥ नमः सुररिपुघ्नाय त्रिपुर-

नमस्कार है ॥४३॥ कार्तिकेयके पिता शंकरजी तथा प्रद्युम्नके पिता कृष्ण भगवानको नमस्कार है। धरणीधर तथा गंगाधरको नमस्कार है ॥ ४४ ॥ मयूरपिच्छधारी कृष्ण तथा केयूर-धारी शंकर भगवानको प्रणाम है। कपालमाली और वनमालीको नमस्कार है ॥४५॥ त्रिशूलधारी एवं चक्रधारीको नमस्कार है। कनकदण्डधारी तथा व्रतदण्डधारीको प्रणाम है ॥ ४६ ॥ चर्मवस्त्रधारी तथा पीताम्बरधारीको नमस्कार है। लक्ष्मीपति एवं उमापतिको प्रणाम है ॥४७॥ खट्वाङ्ग तथा मुसलास्त्रधारीको नमस्कार है। भस्माङ्गधारी तथा कृष्णाङ्गधारीको प्रणाम है ॥ ४८ ॥ श्मशाननिवासी तथा क्षीरसागरशायीको नमस्कार हैं। वृषभवाहन तथा गरुड़वाहनको प्रणाम है ॥ ४९ ॥ अनेकरूपधारी और बहुरूपधारीको नमस्कार है। प्रलयकारी तथा त्रैलोक्यधारीको प्रणाम है ॥ ५० ॥ सौम्यरूपधारी तथा भैरवरूपधारीको नमस्कार है। विरूपाक्ष तथा सौम्येक्षणको प्रणाम है ॥ ५१ ॥ दक्षयज्ञविनाशक तथा बलिनियन्ताको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रणाम है। पर्वतवासी तथा सागरनिवासीको प्रणाम है ॥ ५२ ॥ दैत्यवधकारी तथा त्रिपुरविनाशकको नमस्कार है। नरकासुरविनाशक तथा कामघातीको प्रणाम है ॥ ५३ ॥ अन्धकासुरविनाशक तथा कैटभवधकर्ताको नमस्कार है। सहस्रभुजधारी तथा असंख्यबाहुसम्पन्न परम पुरुषको प्रणाम है ॥ ५४ ॥ सहस्रमस्तकधारी तथा असंख्यशीर्षको नमस्कार है। दामोदर देव तथा मुञ्जमेखलाधारीको प्रणाम है ॥ ५५ ॥ हे भगवान विष्णु तथा हे भगवान शिव! आपको नमस्कार है। हे देव! हे देवपूजित! आपको नमस्कार है ॥ ५६ ॥ हे कर्मोंके कर्म! हे अमित पराक्रमी! आपको नमस्कार है। हे हृषीकेश! आपको प्रणाम है। हे स्वर्णकेश! आपको नमस्कार है ॥ ५७ ॥ हे महाराज! वेदज्ञ वेदव्यास, धीमान् नारद, भारद्वाज, गर्ग, विश्वामित्र, अगस्त्य, पुलस्त्य तथा धौम्य प्रभृति महात्मा ऋषियोंने एकत्रित होकर समवेतरूपसे भगवान विष्णु तथा महेश्वर भगवानकी इस

घ्नाय वै नमः ॥ नमोऽस्तु नरकघ्नाय नमः कामाङ्गनाशिने ॥ ५३ ॥ नमस्त्वन्धकनाशाय नमः कैटभनाशिने ॥ नमः सहस्रहस्ताय नमोऽसंख्येयबाहवे ॥ ५४ ॥ नमः सहस्रशीर्षाय बहुशीर्षाय वै नमः ॥ दामोदराय देवाय मुञ्जमेखलिने नमः ॥ ५५ ॥ नमस्ते भगवन्विष्णो नमस्ते भगवञ्छिव ॥ नमस्ते भगवन् देव नमस्ते देवपूजित ॥ ५६ ॥ नमस्ते कर्मणां कर्म नमोऽमितपराक्रम ॥ हृषीकेश नमस्तेऽस्तु स्वर्णकेश नमोऽस्तु ते ॥ ५७ ॥ इमं स्तवं यो रुद्रस्य विष्णोश्चैव महात्मनः ॥ समेत्य ऋषिभिः सर्वैः स्तुतौ स्तौति महर्षिभिः ॥ ५८ ॥ व्यासेन वेदविदुषा नारदेन च धीमता ॥ भारद्वाजेन गर्गेण विश्वामित्रेण वै तथा ॥ ५९ ॥ अगस्त्येन पुलस्त्येन धौम्येन तु महात्मना ॥ य इदं पठते नित्यं स्तोत्रं हरिहरात्मकम् ॥६०॥ अरोगो बलवांश्चैव जायते नात्र संशयः ॥ श्रियं च लभते नित्यं न च स्वर्गान्निवर्तते ॥६१॥ अपुत्रो लभते पुत्रं कन्या विन्दति सत्पतिम् ॥ गुर्विणी शृणुते या तु वरं पुत्रं प्रसूयते ॥ ६२ ॥ राक्षसाश्च पिशाचाश्च विघ्नानि च विनायकाः ॥ भयं तत्र न कुर्वन्ति यत्रायं पठ्यते स्तवः ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि हरिहरात्मकस्तवो नाम अष्टाविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२८ ॥

जनमेजय उवाच ॥ अपयाते ततो देवे कृष्णे चैव महात्मनि ॥ पुनश्चासीत्कथं युद्धं परेषां लोमहर्षणम् ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ कुम्भाण्डसंगृहीते तु रथे तिष्ठन्गुहस्तदा ॥ अभिदुद्राव कृष्णं च बलं प्रद्युम्नमेव च ॥ २ ॥ ततः शरशतैरुग्रैस्तान्विव्याध रणे गुहः ॥ अमर्षरोष-

स्तुतिका पाठ किया था। अतएव जो नियमपूर्वक इस स्तोत्रका पाठ करते हैं, वे बलवान् तथा नीरोग होते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं है। वे अतुलित श्री प्राप्त करते और अन्तमें स्वर्ग जाकर वहाँसे कभी नहीं लौटते ॥ ५८–६१ ॥ इसका पाठ करनेसे अपुत्री पुत्र पाता है और कुमारी कन्या इसका पाठ करके उत्तम पति पाती है। यदि गर्भिणी स्त्री पाठ करती है तो उसे सुन्दर तथा सुशील पुत्र प्राप्त होता है ॥ ६२ ॥ जहाँ नित्य इस स्तोत्रका पाठ होता है, वहाँ राक्षस, पिशाच, विघ्न, विनायक तथा किसी प्रकारका भय नहीं रह जाता ॥ ६३ ॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाविंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२८ ॥

(कोटवी देवी द्वारा कार्तिकेयकी रक्षा) राजा जनमेजय बोले—हे महाराज! देवदेव महादेवके चले जानेपर भगवान कृष्ण तथा बाणासुरमें कैसा लोमहर्षक युद्ध हुआ? ॥ १ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वैशम्पायनने कहा—राजन् ! उस युद्धमें कुम्भाण्ड जिसका सारथि था, उस रथपर बैठकर कार्तिकेय श्रीकृष्ण, बलराम तथा प्रद्युम्नकी ओर लपके ॥ २ ॥ कार्तिकेयने अत्यन्त रोषके साथ भीषण गर्जन करके उन तीनों महापुरुषोंपर एक साथ सौ बाण बरसा दिये ॥३॥ उन बाणोंसे विद्ध होकर वे मूर्तिमान् तीन अग्नियोंके समान तेजस्वी वीर रक्तलिप्त शरीरसे कार्तिकेयके साथ युद्ध करने लगे ॥४॥ श्रीकृष्ण, बलराम तथा प्रद्युम्न वे तीनों ही रणविशारद थे। अतएव उन तीनोंने एक साथ वायव्य, आग्नेय तथा पार्जन्य अस्त्रका प्रयोग करके कुमार कार्तिकेयको विद्ध कर दिया ॥५॥ तब दीप्त धनुष-बाणधारी कार्तिकेयने अपने तीन अस्त्रोंसे उनके तीनों अस्त्रोंको व्यर्थ करके उनपर एक साथ शैल, वारुण तथा सावित्र अस्त्रका प्रयोग किया ॥६॥ किन्तु कृष्ण आदि तीनों महात्माओंने अपनी अस्त्रमायासे उन तीनों तेजस्वी अस्त्रोंको व्यर्थ कर दिया। यह देखकर कार्तिकेय मारे क्रोधके लाल हो गये ॥ ७ ॥ ओष्ठदंशनपूर्वक उन्होंने कालान्तक यमकी तरह भयानक ब्रह्मशिरनामक अस्त्र सम्हाला ॥ ८ ॥ सहस्र सूर्यसम तेजस्वी उस लोकनाशक तथा दारुण अस्त्रका प्रहार करनेपर सबलोग हाहाकार करते हुए चारों ओर भागने

संक्रुद्धः कुमारः प्रवरो नदन् ॥ ३ ॥ शरसंवृतगात्रास्ते त्रयस्त्रय इवाग्नयः ॥ शोणितौघप्लुतैर्गात्रैः प्रायुध्यन्त गुहं ततः ॥ ४ ॥ ततस्ते युद्धमार्ग-
ज्ञास्त्रयस्त्रिभिरनुत्तमैः ॥ वायव्याग्नेयपार्जन्यैर्बिभिदुर्दीप्ततेजसः ॥ ५ ॥ शैलवारुणसावित्रैस्तान्स विव्याध कोपवान् ॥ तस्य दीप्तशरौघस्य दीप्तचा-
पधरस्य च ॥ ६ ॥ शरौघानस्त्रमायाभिर्ग्रसन्ति स्म महात्मनः ॥ यदा तदा गुहः क्रुद्धः प्रज्वलन्निव तेजसा ॥ ७ ॥ अस्त्रं ब्रह्मशिरो नाम कालकल्पं
दुरासदम् ॥ सन्दष्टौष्ठपुटः संख्ये जगृहे पार्वतिः प्रभुः ॥ ८ ॥ प्रयुक्ते ब्रह्मशिरसि सहस्रांशुसमप्रभे ॥ उग्रे परमदुर्धर्षे लोकक्षयकरे तथा ॥ ९ ॥ हाहा-
भूतेषु सर्वेषु प्रधावत्सु समन्ततः ॥ केशवः केशिमथनश्चक्रं जग्राह वीर्यवान् ॥ १० ॥ सर्वेषामस्त्रवीर्याणां वारणं घातनं तथा ॥ चक्रमप्रतिचक्रस्य
लोके ख्यातं महात्मनः ॥ ११ ॥ अस्त्रं ब्रह्मशिरस्तेन निष्प्रभं कृतमोजसा ॥ घनैरिवातपापाये सवितुर्मण्डलं यथा ॥ १२ ॥ ततो निष्प्रभतां याते
नष्टवीर्ये महौजसि ॥ तस्मिन्ब्रह्मशिरस्यस्त्रे क्रोधसंरक्तलोचनः ॥१३॥ गुहः प्रजज्वाल रणे हविषेवाग्निरुल्बणः ॥ शत्रुघ्नीं ज्वलितां दिव्यां शक्तिं
जग्राह काञ्चनीम् ॥१४॥ तां प्रदीप्तां महोल्काभां युगान्ताग्निसमप्रभाम् ॥ घण्टामालाकुलां दिव्यां चिक्षेप रुषितो गुहः ॥१५॥ ननाद बलवच्चापि
नादं शत्रुभयंकरम् ॥ सा च क्षिप्ता तथा तेन ब्रह्मण्येन महात्मना ॥१६॥ जृम्भमाणेव गगने संप्रदीप्तमुखी तदा ॥ आधावत महाशक्तिः कृष्णस्य

लगे। ऐसी परिस्थितिमें श्रीकृष्ण भगवान्ने अपना चक्र उठाया ॥ ९ ॥ १० ॥ भगवानका चक्र लोकविख्यात था। संसारमें कोई भी ऐसा अस्त्र नहीं था कि जो उस चक्रके समक्ष पहुँचकर विनष्ट न हो जाय ॥ ११ ॥ सो भगवान कृष्णने जैसे ही उसका प्रयोग किया, तैसे ही वर्षाकालमें जैसे मेघमण्डलसे सूर्यनारायण निष्प्रभ हो जाते हैं। उसी प्रकार चक्रास्त्रके प्रभावसे कार्तिकेयका ब्रह्मशिर अस्त्र एकदम निष्प्रभ हो गया ॥१२॥ उस अस्त्रके विफल हो जानेपर कार्तिकेय घृतकी आहुति पाये हुए अग्निके समान क्रोधसे प्रज्वलित हो उठे और उनके नेत्र लाल हो गये। अब उन्होंने पूर्ण क्रोधके साथ शत्रुनाशिनी तथा काञ्चनमयी एक दिव्य शक्ति उठायी ॥ १३ ॥ १४ ॥ वह शक्ति घोरदर्शन तथा बड़ी भयानक थी। उसकी दीप्ति महोल्का तथा प्रलयकालीन अग्निके समान भीषण थी। उसके चारों ओर घण्टाओंकी माला बँधी थी। कार्तिकेय बड़े क्रोधके साथ उस अमोघ शक्तिका प्रहार करके भयंकर रीतिसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गर्जन करने लगे। वह दीप्तमुखी महाशक्ति भगवान कृष्णका विनाश करनेके लिए आकाशमण्डलको देदीप्यमान करती हुई चली ॥ १५–१७॥ इन्द्रादि देवताओंको वह विकराल शक्ति देखकर बहुत विषाद हुआ और उन्हें यह सन्देह होने लगा कि अब भगवान कृष्ण इस शक्तिकी आगमें जलकर भस्म हो जायँगे ॥ १८॥ किन्तु महाबली कृष्णने, ज्यों ही वह शक्ति उनके पास पहुँची, त्यों ही अपने हुंकारमात्रसे उसे व्यर्थ करके धरतीपर गिरा दिया ॥ १९॥ उस समय चारों ओरसे लोग उनकी सराहना करते हुए धन्यवाद देने लगे और इन्द्रादि देवताओंने हर्षोन्मत्त होकर सिंहनाद करना आरम्भ कर दिया ॥ २०॥ जब कि सब देवता सिंहगर्जन कर रहे थे, उसी समय परम प्रतापी भगवान कृष्णने अपना दैत्यनाशक सुदर्शन चक्र उठाया ॥ २१॥ जब कि उन्होंने वह चक्र चलाया तो शिवजीके कथनानुसार कार्तिकेयकी रक्षा करनेके लिए दिगम्बरा कोटवी देवी दिव्य रूप धारण करके वहाँ पहुँचीं और रण-

वधकांक्षिणी॥ १७॥ भृशं विषण्णः शक्रोऽपि सर्वामरगणैर्वृतः ॥ शक्तिं प्रज्वलितां दृष्ट्वा दग्धः कृष्णेति चाब्रवीत् ॥ १८॥ तां समीपमनुप्राप्तां महाशक्तिं महामृधे ॥ हुंकारेणैव निर्भर्त्स्य पातयामास भूतले ॥ १९॥ पतितायां महाशक्त्यां साधु साध्विति सर्वशः ॥ सिंहनादं ततश्चक्रुः सर्वे देवाः सवासवाः ॥ २०॥ ततो देवेषु नर्दत्सु वासुदेवः प्रतापवान् ॥ पुनश्चक्रं स जग्राह दैत्यान्तकरणं रणे ॥ २१॥ व्याविध्यमाने चक्रे तु कृष्णेनाप्रतिमौजसा ॥ कुमाररक्षणार्थाय बिभ्रती सुतनुं तदा ॥ २२॥ दिग्वासा देववचनात्प्रविष्टा तत्र कोटवी ॥ लम्बमाना महाभागा भागो देव्यास्तथाऽष्टमः ॥ २३॥ चित्रा कनकशक्तिस्तु सा च नग्ना स्थितान्तरे ॥ अथान्तरात्कुमारस्य देवीं दृष्ट्वा महाभुजः ॥ पराङ्मुखस्ततो वाक्यमुवाच मधुसूदनः ॥ २४॥ श्रीभगवानुवाच ॥ अपगच्छापगच्छ त्वं धिक्त्वामिति वचोऽब्रवीत् ॥ किमेवं कुरुषे विघ्नं निश्चितस्य वधं प्रति ॥ २५॥ वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुत्वैवं वचनं तस्य कोटवी तु तदा विभोः ॥ नैव वासः समाधत्त कुमारपरिरक्षणात् ॥ २६॥ श्रीभगवानुवाच ॥ अपवाह्य गुहं शीघ्रमपयाहि रणाजिरात् ॥ स्वस्ति ह्येवं भवेदद्य योत्स्यतो योत्स्यता मया ॥ २७॥ तां च दृष्ट्वा स्थितां देवो हरिः संग्राममूर्द्धनि ॥ संजहार ततश्चक्रं भगवान्वासवानुजः ॥ २८॥ एवं कृते तु कृष्णेन देवदेवेन धीमता॥ अपवाह्य गुहं देवी हरसान्निध्यमागता॥ २९॥ एतस्मिन्नन्तरे चैव वर्तमाने महाभये ॥ कुमारे रक्षिते देव्या बाणस्तं देशमाययौ ॥ ३०॥ अपयान्तं गुहं दृष्ट्वा मुक्तं कृष्णेन संयुगात् ॥ बाण-

भूमिके मध्य खड़ी हो गयीं। ये कोटवी देवी भगवती पार्वतीकी अष्टमांश थीं। महाबली मधुसूदनने नंगी-धड़ंगी देवीको कार्तिकेयके आगे खड़ी देखकर मुँह फेर लिया और कहा। भगवान बोले—देवी! तुम्हें धिक्कार है। तुम शीघ्र यहाँसे हट जाओ। मैंने जिसका विनाश करनेके लिए निश्चय किया है, मेरे उस कार्यमें तुम्हारे विघ्न डालनेका क्या कारण है? ॥ २२–२५॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! भगवान कृष्णके वचन सुनकर भी देवी कोटवीने कुमार कार्तिकेयकी रक्षाके विचारसे वस्त्र धारण नहीं किया ॥ २६॥ श्रीकृष्णभगवान बोले—देवी! तुम कार्तिकेयको लेकर शीघ्र रणभूमिसे चली जाओ। नहीं तो ठीक न होगा। आज जो कोई भी मेरे साथ लड़ेगा, मैं उसीके साथ युद्ध करूँगा ॥ २७॥ ऐसा कहकर श्रीकृष्णने अपने चक्रास्त्रको लौटा लिया ॥ २८॥ देवाधिदेव भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर कोटवी देवी कार्तिकेयको लेकर शंकर भगवानके पास चली गयीं ॥ २९॥ इस प्रकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवी द्वारा कुमारकी रक्षा हो जाने तथा अत्यधिक भयका वातावरण व्याप्त हो जानेपर बाणासुर स्वयं रणभूमिमें जा पहुँचा ॥३०॥ श्रीकृष्णसे मुक्त होकर कार्तिकेयके चले जानेपर बाणासुरने कुछ देर सोच-विचार करनेके बाद यह निश्चय किया कि 'अब मैं स्वयं मधुसूदनके साथ संग्राम करूँगा' ॥ ३१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत-'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनत्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२९ ॥

(बाणासुरको वरदान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कुमार कार्तिकेयके पराजित हो जानेपर भूतों-यक्षोंके गण तथा बाणासुरकी सेनाके सैनिक भयभीत होकर चारों ओर भागने लगे ॥ १ ॥ प्रमथगणोंसे परिपूर्ण सेनाके पलायन कर जानेपर बाणासुर बड़ी शीघ्रताके साथ युद्धभूमिमें जा पहुँचा ॥ २ ॥ बड़े-बड़े वीर दैत्य भयंकर शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित हो तथा रथोंपर सवार हो-होकर उसी प्रकार उसके साथ चले, जैसे इन्द्रके साथ देवता चलते हैं ॥ ३ ॥ बाणासुरके पुरोहित तथा शास्त्र एवं व्यवहारमें निपुण वृद्धजन शत्रुनाशक आशीर्वाद

श्चिन्तयते तत्र स्वयं योत्स्यामि माधवम् ॥ ३१ ॥ इति श्रीहरिवंशे विष्णुपर्वणि कार्तिकेयरक्षणं नामैकोनत्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२९ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ भूतयक्षगणाश्चैव बाणानीकं च सर्वशः ॥ दिशं प्रदुद्रुवुः सर्वे भयमोहितलोचनाः ॥ १ ॥ प्रमाथगणभूयिष्ठे सैन्ये दीर्णे
महासुरः ॥ निर्जगाम ततो बाणो युद्धायाभिमुखस्त्वरन् ॥ २ ॥ भीमप्रहरणैर्घोरैर्दैत्येन्द्रैः सुमहारथैः ॥ महाबलैर्महावीरैर्वज्रीव सुरसत्तमैः ॥ ३ ॥
पुरोहिताः शत्रुवधं वदन्तस्तथैव चान्ये श्रुतशीलवृद्धाः ॥ जपैश्च मन्त्रैश्च तथौषधीभिर्महात्मनः स्वस्त्ययनं प्रचक्रुः ॥ ४ ॥ ततस्तूर्यप्रणादैश्च भेरीणां
तु महास्वनैः ॥ सिंहनादैश्च दैत्यानां बाणः कृष्णमभिद्रवत् ॥ ५ ॥ दृष्ट्वा बाणं तु निर्यातं युद्धायैव व्यवस्थितम् ॥ आरुह्य गरुडं कृष्णो बाणा-
याभिमुखो ययौ ॥ ६ ॥ आयान्तमथ तं दृष्ट्वा यदूनामृषभं रणे ॥ वैनतेयमथारूढं कृष्णमप्रतिमौजसम् ॥ ७ ॥ अथ बाणस्तु तं दृष्ट्वा प्रमुखे
प्रत्युपस्थितम् ॥ उवाच वचनं क्रुद्धो वासुदेवं तरस्विनम् ॥ ८ ॥ बाण उवाच ॥ तिष्ठ तिष्ठ न मेऽद्य त्वं जीवन्प्रतिगमिष्यसि ॥ द्वारकां द्वारकास्थांश्च
सुहृदो द्रक्ष्यसे न च ॥ ९ ॥ सुवर्णवर्णान्वृक्षाग्रानद्य द्रक्ष्यसि माधव ॥ मयाऽभिभूतः समरे मुमूर्षुः कालनोदितः ॥ १० ॥ अद्य बाहुसहस्रेण कथ-

देते हुए विविध जपों, मन्त्रों तथा औषधियोंका उपयोग करके स्वस्त्ययन करने लगे ॥ ४ ॥ तदनन्तर तुड़ही-भेरी आदि बाजे एक साथ बजने लगे। वीर योद्धाओंने सिंहगर्जन आरम्भ कर दिया। उसी समय दैत्यराज बाणासुर युद्धके लिए श्रीकृष्णभगवानकी ओर झपटा ॥ ५ ॥ भगवान कृष्ण भी बाणासुरको रणभूमिमें आते देख गरुड़पर सवार होकर उसकी ओर अग्रसर हुए ॥ ६ ॥ असाधारण तेजस्वी यदुश्रेष्ठ भगवान कृष्णको गरुड़पर आरूढ़ होकर अपनी ओर आते देख बाणासुर बड़े क्रोधके साथ बोला—॥ ७ ॥ ८ ॥ हे कृष्ण ! ठहरो। आज तुम मेरे समक्षसे जीवित नहीं लौट सकोगे। अब तुम्हें द्वारका तथा द्वारकावासी नहीं देख सकेंगे और तुम भी अब अपने सुहृद्‌जनोंका दर्शन नहीं पाओगे ॥ ९ ॥ हे माधव ! आज तुम कालके गालमें जानेवाले हो। क्षण ही भर बाद मेरे द्वारा मुमूर्षुदशामें पहुँचकर तुम सभी वृक्षोंके शिखरप्रदेशको सुवर्णवर्णका देखोगे ॥ १० ॥ हे गरुड़ध्वज ! मेरे सहस्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भुजायें हैं और तुम्हारे केवल आठ भुजाये हैं। अतएव भयभीत मनसे तुम मेरे साथ कैसे युद्ध करोगे ? ॥ ११ ॥ आज तुम अपने बान्धवोंके साथ मेरे हाथों निपातित होकर शोणितपुरसे द्वारकापुरीका केवल स्मरण भर कर सकोगे ॥ १२ ॥ विविध आभूषणोंसे आभूषित, नाना प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे अलंकृत एवं करोड़ बाहुदण्ड सदृश पराक्रमी मेरी हजार भुजाओंका देख रहे हो ? ॥ १३ ॥ हे महाराज ! जिस तरह वायुके झोकों द्वारा समुद्रके गर्भसे तरंगें उठने लगती हैं, उसी प्रकार भीषण गर्जन करनेवाले उस दैत्यराजके मुखविवरसे बातोंकी तरंगें उठने लगीं ॥१४॥ उसके नेत्र क्रोधसे आकुल हो उठे। उस समय ऐसा मालूम पड़ा कि मानों प्रलयकालीन सूर्यदेव और अग्निदेव समस्त विश्वको भस्म कर देना चाहते हैं॥ १५ ॥ इधर देवर्षि नारद बाणासुरके अहंकारपूर्ण वचन सुनकर जोरोंसे ठहाका मारकर हँसने लगे। जिससे ऐसा लगा कि मानो सारा आकाशमण्डल विदीर्ण हो जायगा ॥ १६ ॥ वैसे नारदजी सर्वदा

मष्टभुजो रणे ॥ मया सह समागम्य योत्स्यसे गरुडध्वज ॥ ११ ॥ अद्य त्वं वै मया युद्धे निर्जितः सहबान्धवः ॥ द्वारकां शोणितपुरे निहतः संस्मरिष्यसि ॥ १२ ॥ नानाप्रहरणोपेतं नानाङ्गदविभूषितम् ॥ अद्य बाहुसहस्रं मे कोटिभूतं निशामय ॥ १३ ॥ गर्जतस्तस्य वाक्यौघा जलौघा इव सिन्धुतः ॥ निश्चरन्ति महाघोरा वातोद्धूता इवोर्मयः ॥ १४ ॥ रोषपर्याकुले चैव नेत्रे तस्य बभूवतुः ॥ जगद्दिधक्षन्निव खे महासूर्य इवोदितः ॥ १५ ॥ तच्छ्रुत्वा नारदस्तस्य बाणस्यात्यूर्जितं वचः ॥ जहास सुमहाहासं भिन्दन्निव नभस्तलम् ॥ १६ ॥ योगपट्टमुपाश्रित्य तस्थौ युद्धदिदृक्षया ॥ कौतूहलोत्फुल्लदृशः कुर्वन्पर्यटते मुनिः ॥ १७ ॥ कृष्ण उवाच ॥ बाण किं गर्जसे मोहाच्छूराणां नास्ति गर्जितम् ॥ एह्येहि युध्यस्व रणे किं वृथा गर्जितेन ते ॥ १८ ॥ यदि युद्धानि वचनैः सिद्ध्येयुर्दितिनन्दन ॥ भवानेव जये नित्यं बह्वबद्धं प्रजल्पति ॥ १९ ॥ एह्येहि जय मां बाण जितो वा वसुधातले ॥ चिरायावाङ्मुखो दीनः पतितः शेष्यसेऽसुरैः ॥ २० ॥ इत्येवमुक्त्वा बाणं तु मर्मभेदिभिराशुगैः ॥ निर्बिभेद तदा कृष्णस्तममोघैर्महाशरैः ॥ २१ ॥ विनिर्भिन्नस्तु कृष्णेन मार्गणैर्मर्मभेदिभिः ॥ स्मयन्बाणस्ततः कृष्णं शरवर्षैरवाकिरत् ॥ २२ ॥ ज्वलद्भिरिव संयुक्तं तस्मिन्युद्धे सुदारुणे ॥ ततः परिघनिस्त्रिंशैर्गदातोमरशक्तिभिः ॥ २३ ॥ मुसलैः पट्टिशैश्चैव छादयामास केशवम् ॥ स तु बाहुसहस्रेण गर्वितो

विस्मय-विकसितनयनोंसे निहारते हुए संसारमें भ्रमण किया करते हैं, किन्तु उस युद्धको देखनेके लिए वे योगासनपर आसीन थे ॥ १७ ॥ बाणासुरके वचन सुनकर भगवान कृष्ण बोले— हे बाण ! तुम व्यर्थ क्यों गर्जन-तर्जन कर रहे हो ? वीर लोग व्यर्थ गर्जन नहीं करते। और फिर गर्जनकी आवश्यकता ही क्या है ? आओ, युद्ध करो ॥१८॥ यदि केवल बातोंसे विजय प्राप्त हो सकती तो तुम अवश्य विजयी हो जाते। अब आओ, या तो मुझे परास्त करो अथवा तुम स्वयं पराजित होओ। क्षण भर बाद तुम चिरकालके लिए नीचे मुख करके दीन भावसे धरतीपर शयन करोगे ॥१९॥२०॥ ऐसा कहकर भगवान कृष्णने अपने कतिपय मर्मभेदी अमोघ बाणोंको उसपर छोड़ा ॥२१॥ भगवानके मर्मघाती बाणोंसे बिंधकर मुसकराते हुए बाणासुरने उनपर बाणोंकी झड़ी लगा दी ॥ २२ ॥ परिघ, निस्त्रिंश, गदा, तोमर, शक्ति, मुसल तथा पट्टिश प्रभृति जाज्वल्यमान शस्त्रास्त्रोंसे भगवान एकदम ढक गये। इस तरह अपनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहस्र भुजाओंसे गर्वित होकर बाणासुरने भयानक युद्ध आरम्भ कर दिया ॥ २३ ॥ २४ ॥ भगवान कृष्ण भी अपनी दो भुजाओंसे लड़ने लगे। उनके हस्तलाघवको देखकर बाणासुर बहुत क्रुद्ध हुआ और उसने अपना वह अस्त्र निकाला, जो पूर्वकालमें हिरण्यकशिपुके पास श्रेष्ठ अस्त्रके रूपमें विद्यमान था। वह बड़ा दिव्य अस्त्र था और हिरण्यकशिपुकी कठोर तपस्यासे ब्रह्माजीके द्वारा निर्मित हुआ था। वह युद्धमें कभी भी व्यर्थ नहीं होता था। उसकी मारसे सभी शत्रु नष्ट हो जाते थे ॥ २५ ॥ २६ ॥ बलितनय बाणासुरने बलपूर्वक उस अस्त्रका प्रयोग किया। उस अस्त्रको छोड़ते ही सब दिशायें अन्धकाराच्छन्न हो गयीं ॥ २७ ॥ छूटनेके बाद उस अस्त्रसे सैकड़ों भयानक अस्त्र निकल-निकलकर उड़ने लगे। सर्वत्र अँधेरा छा जानेके कारण किसीको कुछ नहीं दिखायी देता था ॥ २८ ॥ उस समय दानवपक्षसे सैकड़ों कंठोंका एक साथ साधुवाद और देवपक्षकी ओरसे हाहाकारका कोलाहल सुनायी देने लगा ॥ २९ ॥

दैत्यसत्तमः ॥ २४ ॥ योधयामास समरे द्विबाहुमथ लीलया ॥ लाघवात्तस्य कृष्णस्य बलिसूनू रुषान्वितः ॥ २५ ॥ ततोऽस्त्रं परमं दिव्यं तपसा निर्मितं महत् ॥ यदप्रतिहतं युद्धे सर्वामित्रविनाशनम् ॥ २६ ॥ ब्रह्मणा विहितं दिव्यं तन्मुमोच दितेः सुतः ॥ तस्मिन्मुक्ते दिशः सर्वास्तमः-पिहितमण्डलाः ॥ २७ ॥ प्रादुरासन्सहस्राणि सुघोराणि च सर्वशः ॥ तमसा संवृते लोके न प्राज्ञायत किञ्चन ॥ २८ ॥ साधु साध्विति बाणं तु पूजयन्ति स्म दानवाः ॥ हा हा धिगिति देवानां श्रूयते वागुदीरिता ॥ २९ ॥ ततोऽस्त्रबलवेगेन सार्चिष्मत्यः सुदारुणाः ॥ घोररूपा महाघोरा निपेतुर्बाणवृष्टयः ॥ ३० ॥ नैव वाताः प्रवायन्ति न मेघाः सञ्चरन्ति च ॥ अस्त्रे विसृष्टे बाणेन दह्यमाने च केशवे ॥ ३१ ॥ ततोऽस्त्रं सुमहावेगं जग्राह मधुसूदनः ॥ पार्जन्यं नाम भगवान्कालान्तकनिभं रणे ॥ ३२ ॥ ततो वितिमिरे लोके शराग्निः प्रशमं गतः ॥ दानवा मोघसंकल्पाः सर्वेऽभूवं-स्तदा भृशम् ॥३३॥ दानवास्त्रं प्रशान्तं तु पार्ज्जन्यास्त्रेऽभिमन्त्रिते ॥ ततो देवगणाः सर्वे नदन्ति च हसन्ति च ॥३४॥ हते शस्त्रे महाराज दैतेयः क्रोधमूर्छितः ॥ भूयः सञ्छादयामास केशवं गरुडे स्थितम् ॥ ३५ ॥ मुसलैः पट्टिशैश्चैव छादयामास केशवम् ॥ तस्य तां तरसा सर्वां बाणवृष्टिं समुद्यताम् ॥ ३६ ॥ प्रहसन्वारयामास केशवः शत्रुसूदनः ॥ केशवस्य तु बाणेन वर्त्तमाने महाहवे ॥ ३७॥ तस्य शार्ङ्गविनिर्मुक्तैः शरैरशनिसन्निभैः ॥

उस अस्त्रके प्रभावसे बड़े वेगके साथ दीप्तिमयी और घोरतर बाणोंकी वर्षा होने लगी ॥ ३० ॥ अतएव वायुका प्रवाह तथा मेघके संचारका मार्ग अवरुद्ध हो गया। उधर भगवान कृष्णने उस शस्त्रप्रहारसे अत्यधिक सन्तप्त होकर कालान्तक यमके समान भीषण अपना पार्जन्यास्त्र सम्हाला ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ उनके उस अस्त्रको सम्हालते ही संसारमें छाया हुआ अन्धकार दूर हो गया और बाणाग्निका उत्ताप भी जाता रहा। उस समय दानवोंके सभी संकल्प व्यर्थ हो गये ॥३३॥ पार्जन्यास्त्रका अभिमन्त्रण होनेसे जब दानवोंका महान् अस्त्र शान्त हो गया, तब देवता प्रसन्न होकर हँसने और सिंहनाद करने लगे ॥ ३४ ॥ उस अस्त्रके विफल हो जानेपर दैत्यराज बाणासुरने क्रोधसे मूर्छित होकर मुसल-पट्टिश प्रभृति विविध शस्त्रोंसे गरुड़की पीठपर बैठे हुए भगवान कृष्णको आच्छादित कर दिया। श्रीकृष्णने वेगके साथ होती हुई उस विकराल शस्त्रवर्षाको अपनी बाणवर्षासे खेल-खेलमें विफल कर दिया ॥३५-३७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार उन दोनों महावीरोंमें घोर युद्ध होते-होते श्रीकृष्णके शार्ङ्ग धनुपसे छूटे हुए बाणों द्वारा अश्व, ध्वज तथा पताका समेत बाणासुरका रथ तिल-तिल करके छितरा गया ॥ ३८ ॥
उन्होंने उसका कवच, देदीप्यमान मुकुट, धनुष तथा अंगुलित्राण काटकर एक बाण द्वारा उसका वक्षःस्थल विदीर्ण कर दिया । उस मर्मान्तक प्रहारसे दैत्यराज बाणासुर ज्ञानशून्य एवं
अचेत हो गया ॥ ३९ ॥ ४० ॥ मुनिवर नारद एक प्रासादके शिखरपर बैठकर वह युद्ध देख रहे थे । सो बाणासुरको प्रहारपीडित तथा अचेत देखकर वे अपनी बगल (काँख) बजाते
हुए उठ खड़े हुए और नखोंसे नख बजाते हुए कहने लगे—अहा ! आज मेरा कितना बड़ा सौभाग्य है । आज भगवान कृष्णका पराक्रम देखकर मेरा जन्म और जीवन सार्थक हो
गया ॥ ४१–४३ ॥ हे देवपूजित महाबाहो कृष्ण ! आप शीघ्र बाणासुरको पराजित करें । आप जिस कार्यके लिए धरतीपर अवतीर्ण हुए हैं, वह कार्य सम्पन्न करिए ॥ ४४ ॥ देवर्षि

तिलशस्तद्रथं चक्रे साश्वध्वजपताकिनम् ॥३८॥ चिच्छेद कवचं कायान्मुकुटं च महाप्रभम् ॥ कार्मुकं च महातेजा हस्तचापं च केशवः ॥ ३९ ॥
विव्याध चैनमुरसि नाराचेन स्मयन्निव ॥ स मर्माभिहतः संख्ये प्रमुमोहाल्पचेतनः ॥ ४० ॥ तं दृष्ट्वा मूर्च्छितं बाणं प्रहारपरिपीडितम् ॥ प्रासादव-
रशृंगस्थो नारदो मुनिपुंगवः ॥ ४१ ॥ उत्थायापश्यत तदा कक्ष्यास्फोटनतत्परः ॥ वादयानो नखांश्चैव दिष्ट्या दिष्टयेति चाब्रवीत् ॥ ४२ ॥ अहो
मे सफलं जन्म जीवितं च सुजीवितम् ॥ दृष्टं मे यदिदं चित्रं दामोदरपराक्रमम् ॥ ४३ ॥ जय बाणं महाबाहो दैतेयं देवकिल्बिषम् ॥ यदर्थमवती-
र्णोऽसि तत्कर्म सफलीकुरु ॥ ४४ ॥ एवं स्तुत्वा तदा देवं बाणैः खं द्योतयञ्शितैः ॥ इतस्ततः संपतद्भिर्नारदो व्यचरद्रणे ॥ ४५ ॥ प्रयुध्येतां
ध्वजौ तत्र तावन्योन्यमभिद्रुतौ ॥ युद्धं त्वभूद्वाहनयोरुभयोर्देवदैत्ययोः ॥ ४६ ॥ गरुडस्य च संग्रामो मयूरस्य च धीमतः ॥ पक्षतुण्डप्रहारैस्तु चर-
णास्यनखैस्तथा ॥ ४७ ॥ अन्योन्यं जघ्नतुः क्रुद्धा मयूरगरुडावुभौ ॥ वैनतेयस्ततः क्रुद्धो मयूरं दीप्ततेजसम् ॥ ४८ ॥ जग्राह शिरसि क्षिप्रं तुण्डे
नाभिपतंस्तदा ॥ उत्क्षिप्य चैव पक्षाभ्यां निजघान महाबलः ॥ ४९ ॥ पद्भ्यां पार्श्वाभिघाताभ्यां कृत्वा घातान्यनेकशः ॥ आकृष्य चैनं तरसा
विकृष्य च महाबलः ॥ ५० ॥ निःसंज्ञं पातयामास गगनादिव भास्करम् ॥ मयूरे पतिते तस्मिन्पपातातिबलो भुवि ॥ ५१ ॥ बाणः समरसंवि-

दैत्येन्द्र बाण तथा श्रीकृष्णमें जब घोर युद्ध हो रहा था, उसी समय दोनों महा-
नारद इस प्रकार श्रीकृष्णकी स्तुति करके तीक्ष्ण बाणोंसे उद्भासित आकाशमण्डलमें विचरने लगे ॥४५॥
रथियोंके ध्वज परस्पर लड़ने लगे । एक ओर दानवराजके वाहन मयूर तथा कृष्णवाहन गरुड़में मुठभेड़ हो गयी । वे दोनों अत्यधिक क्रुद्ध होकर परस्पर पक्षपात, पादप्रक्षेप, तुण्डप्रहार
एवं नखाघात करते हुए प्राणपणसे जूझने लगे । तदनन्तर विनतातनय गरुड़ने बड़े रोषपूर्वक उछलकर मयूरको अपनी चोंचमें दाब लिया और मस्तक पकड़कर दाहिने पंख द्वारा प्रहार
करते हुए वे दोनों पैरोंसे उसके पार्श्वप्रदेशमें आघात करने लगे ॥ ४६–४९ ॥ इस प्रकार मार खाते-खाते मयूर जब अचेत हो गया, तब अपने ओष्ठपुटसे बारबार आकर्षण-विकर्षण करके
गरुड़ने उसे पृथिवीपर पटक दिया ॥५०॥ हे महाराज! जिस समय वह तेजस्वी मयूर संज्ञाशून्य होकर पृथिवीपर गिरा तो ऐसा लगा कि मानो गगनमण्डलसे सूर्यदेव धरतीपर गिर पड़े हों ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मयूरके साथ ही दैत्यपति बाणासुर भी धरतीपर आ गिरा।।५१।। इस प्रकार गिरकर वह नितान्त उद्विग्न चित्तसे सोचने लगा—"बलमदसे मत्त होकर मैंने अपने बन्धुओंके वचनकी अवहेलना की। इसी कारण आज देवताओं और दानवोंके समक्ष मेरी दुर्दशा हुई। उसी समय भगवान रुद्रदेव बाणासुरको नितान्त विकल देखकर नन्दीश्वरसे गम्भीर वाणीमें बोले—।।५२–५४।। नन्दीश्वर! तुम मेरे सिंहसंयुक्त रथपर सवार होकर बाणासुरके पास जाओ। वहाँ जाकर उसे यह रथ दे दो और स्वयं वहाँ रहकर युद्धका सञ्चालन करो। अब मैं सेनामें नहीं जाऊँगा। यह रथ उपस्थित होते ही बाणासुर युद्ध करनेमें समर्थ हो जायगा। अतएव अब विलम्ब मत करो। तुम शीघ्र जाकर बाणासुरके रक्षणावेक्षण-कार्यमें संलग्न हो जाओ। तदनन्तर नन्दीश्वर महादेवजीके कथनानुसार चलकर शीघ्र बाणासुरके पास जा पहुँचे और बड़े ही मधुर स्वरमें बोले—'दैत्येन्द्र! तुम शीघ्र इस रथपर आ बैठो ।। ५५–५८ ।। उसके बाद दानववंशघातक

ग्नश्चिन्तयन्कार्यमात्मनः ।। मयाऽतिबलमत्तेन न कृतं सुहृदां वचः ।। ५२ ।। पश्यतां देवदैत्यानां प्राप्तोऽस्म्यापदमुत्तमाम् ।। तं दीनमनसं ज्ञात्वा
रणे बाणं सुविक्लवम् ।। ५३ ।। चिन्तयद्भगवान् रुद्रो बाणरक्षणमातुरः ।। ततो नन्दिं महादेवः प्राह गम्भीरया गिरा ।। ५४ ।। नन्दिकेश्वर याहि
त्वं यतो बाणो रणे स्थितः ।। रथेनानेन दिव्येन सिंहयुक्तेन भास्वता ।। ५५ ।। बाणं संयोजयाशु त्वमलं युद्धाय वाऽनघ ।। प्रमाथगणमध्येऽहं
स्थास्यामि न हि मे मनः ।। ५६ ।। योद्धुं प्रभवते ह्यद्य बाणं संरक्ष्य गम्यताम् ।। तथेत्युक्त्वा ततो नन्दी रथेन रथिनां वरः ।। ५७ ।। यतो
बाणस्ततो गत्वा बाणमाह शनैरिदम् ।। दैत्यामुं रथमातिष्ठ शीघ्रमेहि महाबल ।। ५८ ।। ततो युध्यस्व कृष्णं वै दानवान्तकरं रणे ।। आरुरोह
रथं बाणो महादेवस्य धीमतः ।। ५९ ।। आरूढः स तु बाणश्च तं रथं ब्रह्मनिर्मितम् ।। तं स्यन्दनमधिष्ठाय भवस्यामिततेजसः ।। ६० ।। प्रादुश्चक्रे
महारौद्रमस्त्रं सर्वास्त्रघातनम् ।। दीप्तं ब्रह्मशिरो नाम बाणः क्रुद्धोऽतिवीर्यवान् ।। ६१ ।। प्रदीप्ते ब्रह्मशिरसि लोकाः क्षोभमुपागमन् ।। लोकसंरक्षणार्थं
वै तत्सृष्टं ब्रह्मयोनिना ।। ६२ ।। तच्चक्रेण निहत्यास्त्रं प्राह कृष्णस्तरस्विनम् ।। लोके प्रख्यातयशसं बाणमप्रतिमं रणे ।। ६३ ।। कथितानि क्व ते
तात बाण किं न विकत्थसे ।। अयमस्मि स्थितो युद्धे युद्ध्यस्व पुरुषो भव ।। ६४ ।। कार्तवीर्यार्जुनो नाम पूर्वं बाहुसहस्रवान् ।। महाबलः स रामेण

कृष्णके साथ युद्ध करो।' नन्दीके ऐसा कहते ही बाणासुर महादेवजीके ब्रह्मनिर्मित रथपर बैठ गया ।। ५९ ।। अमित तेजस्वी शंकर भगवानके रथपर बैठनेके बाद उसने पूर्ण क्रोधके साथ बड़े ही भयानक तथा सभी शस्त्रोंके घातक परम तेजस्वी ब्रह्मशिर नामक बाणका आविष्कार किया ।। ६० ।। १ ।। उस ब्रह्मशिरास्त्रके प्रदीप्त होते ही सब लोक क्षुब्ध हो उठे। पूर्वकालमें ब्रह्माजीने लोकरक्षणके निमित्त इस अस्त्रकी सृष्टि की थी ।। ६२ ।। किन्तु भगवान कृष्णने अपने चक्रास्त्र द्वारा उस ब्रह्मशिरास्त्रको नष्ट करके विख्यातकीर्ति एवं युद्धमें अद्वितीय दैत्यराज बाणासुरको सम्बोधित करके कहा—बाण! इसके पहले तुमने जो आत्मगौरव प्रदर्शन किया था, अब वह कहाँ गया? अब मुखसे बोली क्यों नहीं निकलती? मैं युद्ध करनेके लिए रणभूमिमें तुम्हारे समक्ष खड़ा हूँ। आओ, मेरे साथ युद्ध करके अपना पुरुषार्थ प्रकट करो ।। ६३ ।। ६४ ।। पूर्वकालमें कार्तवीर्य अर्जुन बहुत बड़ा बलवान् था। उसके भी सहस्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भुजायें थीं। सो परशुरामजीने उसकी भुजायें काटकर उसे द्विभुज बना दिया। अपनी भुजाओंके घमण्डके कारण तुम्हारी भी आज वही दशा होगी ॥ ६५ ॥ अभी इसी रणभूमिमें मैं तुम्हारा अभिमान चूर्ण किये देता हूँ। जबतक मैं तुम्हारे अहंकारके मूलकारणस्वरूप इन भुजाओंको न काट डालूँ, तबतक यहीं खड़े रहो। आज समराङ्गणमें तुम मेरे हाथसे बच नहीं सकोगे। उधर देवर्षि नारद अति दुर्लभ देवासुरसंग्राम देखकर आनन्दातिरेकके कारण नाचने लगे। दूसरी ओर जो प्रमथगण प्रद्युम्नके साथ लड़ रहे थे, वे उनसे पराजित होकर देवदेव शंकर भगवानकी शरणमें भाग गये। अब उनके मुखसे युद्धकी बात भी नहीं निकल रही थी। उसी समय पुरुषोत्तम कृष्ण भगवानने ग्रीष्मकालीन जलधरके समान गम्भीर गर्जन करके दैत्यराज बाणासुरकी भुजाओंको काटनेके लिए अपना सहस्र धारवाला चक्रास्त्र सम्हाला। उसमें उन्होंने नक्षत्र, इन्द्र, वज्र, अशनि, गन्धर्व, यक्ष, अप्सरा, त्रेता-अग्नि, ब्रह्मचर्य-अग्नि, ऋषि-

द्विबाहुः समरे कृतः ॥ तथा तवापि दर्पोऽयं बाहूनां वीर्यसंभवः ॥ ६५ ॥ एष ते दर्पशमनं करोमि रणमूर्द्धनि ॥ यावत्ते दर्पशमनं करोम्यद्य स्वबाहुना ॥ ६६ ॥ तिष्ठेदानीं न मेऽद्य त्वं मोक्ष्यसे रणमूर्द्धनि ॥ अथ तद्दुर्लभं दृष्ट्वा युद्धं परमदारुणम् ॥ ६७ ॥ तत्र देवासुरसमे युद्धे नृत्यति नारदः ॥ निर्जिताश्च गणाः सर्वे प्रद्युम्नेन महात्मना ॥ ६८ ॥ निक्षिप्तवादा युद्धस्य देवदेवं गताः पुनः ॥ स तच्चक्रं सहस्रारं नदन्मेघ इवोष्णगे ॥ ६९ ॥ जग्राह कृष्णस्त्वरितो बाणान्तकरणं रणे ॥ तेजो यज्ज्योतिषां चैव तेजो वज्राशनेस्तथा ॥ ७० ॥ सुरेशस्य च यत्तेजस्तच्चक्रे पर्यवस्थितम् ॥ त्रेताग्नेश्चैव यत्तेजो यच्च वै ब्रह्मचारिणाम् ॥ ७१ ॥ ऋषीणां च तपो ज्ञानं तच्चक्रे समवस्थितम् ॥ पतिव्रतानां यत्तेजः प्राणाश्च मृगपक्षिणाम् ॥ ७२ ॥ यच्च चक्रधरेष्वस्ति तच्चक्रे संनिवेशितम् ॥ नागराक्षसयक्षाणां गन्धर्वाप्सरसामपि ॥ ७३ ॥ त्रैलोक्यस्य च यत्प्राणं सर्वं चक्रे व्यवस्थितम् ॥ तेजसा तेन संयुक्तं ज्वलन्निव च भास्करः ॥ ७४ ॥ वपुषा तेज आधत्ते बाणस्य प्रमुखे स्थितम् ॥ ज्ञात्वाऽतितेजसा चक्रं कृष्णेनाभ्युदितं रणे ॥ ७५ ॥ अप्रमेयं ह्यविहतं रुद्राणीं चाब्रवीच्छिवः ॥ अजेयमेतत्त्रैलोक्ये चक्रं कृष्णेन धार्यते ॥ ७६ ॥ बाणं त्रायस्व देवि त्वं यावच्चक्रं न मुञ्चति ॥ ततस्त्र्यक्षवचः श्रुत्वा देवी लम्बामथाब्रवीत् ॥ ७७ ॥ गच्छैहि लम्बे शीघ्रं त्वं बाणसंरक्षणं प्रति ॥ ततो योगं समाधाय अदृश्या हिमवत्सुता ॥ ७८ ॥ कृष्णस्यैकस्य तद्रूपं दर्शयत्पार्श्वमागता ॥ चक्रोद्यतकरं दृष्ट्वा भगवन्तं रणाजिरे ॥ ७९ ॥ अन्तर्धानमुपागम्य

योंका तप, पतिव्रता स्त्रियों, मृग, पक्षी एवं इनके अतिरिक्त समस्त त्रिलोकीका जितना भी तेज था, वह सब तेज उन्होंने उस चक्रमें निहित कर लिया। उन तेजोंके एकत्र होनेके कारण वह चक्र सूर्यनारायणके समान जाज्वल्यमान हो उठा ॥ ६६–७४ ॥ बाणके सम्मुख खड़े होकर भगवान उसका तेज भी आकर्षित करने लगे। उसी समय शंकर भगवान श्रीकृष्णको चक्र धारण किये देख और उस अपरिमित तेजसे परिपूर्ण चक्रको अनिवार्य समझकर भगवती पार्वतीसे बोले—'देवि! श्रीकृष्णने जिस चक्रास्त्रको धारण किया है, वह समस्त त्रिलोकी द्वारा अजेय है ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ अतएव श्रीकृष्ण वह चक्र छोड़ें, उसके पहले ही तुम जाकर बाणकी रक्षा करो।' शंकरजीके वचन सुनकर भगवतीने लम्बादेवीको सम्बोधित करके कहा—॥ ७७ ॥ 'लम्बे! तुम शीघ्र जाओ और बाणासुरकी रक्षा करो।' तदनन्तर भगवती योगावलम्बनपूर्वक अदृश्यभावसे श्रीकृष्णके पास जा पहुँचीं और केवल उन्हें अपना दर्शन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देकर अन्तर्धान हो गयीं। तदनन्तर बाणासुरकी रक्षाके लिए वस्त्र त्यागकर नंगी-धड़ङ्गी लम्बा वासुदेव भगवानके सम्मुख जा [illegible] हुई ॥ ७८-८० ॥ उस समय श्रीकृष्णने रुद्रप्रिया लम्बाको नग्नरूपमें सम्मुख उपस्थित देखकर कहा—'हे असितापाङ्गि! तुम फिर विवस्त्रा होकर बाणासुरकी रक्षाके लिए रणभूमिमें आ खड़ी हुई ! जो भी हो, आज मैंने निश्चय कर लिया है कि इसका वध अवश्य करूँगा।' भगवानके ऐसा कहनेपर लम्बा देवीने सुमधुर वाणीमें कहा—॥८१-८३॥ 'हे पुरुषोत्तम! आप सृष्टिकर्ता, महाभाग, महादेव, अनन्त, लीन, अव्यय, पद्मनाभ, हृषीकेश और सबके आदि कारण हैं। यह मैं जानती हूँ। किन्तु हे देव! अद्वितीय धनुर्धर बाणासुरको मारना उचित नहीं है॥ ८४॥ ८५॥ आप बाणासुरको अभयदान देकर मुझे जीवितपुत्रिका बना दें। क्योंकि मैं इसे पहले वरदान दे चुकी हूँ और अब भी इसकी रक्षा कर रही हूँ॥ ८६॥ हे माधव! आप मेरे प्रयासको व्यर्थ न करें।' लम्बा देवीके ऐसा

त्यज्य सा वाससी पुनः॥ परित्राणाय बाणस्य विजयाधिष्ठिता ततः॥ ८०॥ प्रमुखे वासुदेवस्य दिग्वासाः कोटवी स्थिता॥ तां दृष्ट्वाऽथ पुनः प्राप्तां देवीं रुद्रस्य संमताम्॥ ८१॥ लम्बां द्वितीयां तिष्ठन्तीं कृष्णो वचनमब्रवीत्॥ भूयः सामर्षतान्राक्षी दिग्वस्त्रा [illegible]स्थिता रणे॥ ८२॥ बाण-संरक्षणपरा हन्मि बाणं न संशयः॥ एवमुक्ता तु कृष्णेन भूयो देव्यब्रवीदिदम्॥ ८३॥ जाने त्वां सर्वभूतानां स्रष्टारं पुरुषोत्तमम्॥ महाभागं महादेवमनन्तं लीनमव्ययम्॥ ८४॥ पद्मनाभं हृषीकेशं लोकानामादिसंभवम्॥ नार्हसे देव हन्तुं वै बाणमप्रतिमं रणे॥ ८५॥ प्रयच्छ ह्यभयं बाणे जीवपुत्रीत्वमेव च॥ मया दत्तवरो ह्येष भूयश्च परिरक्ष्यते॥ ८६॥ न मे मिथ्या समुद्योगं कर्तुमर्हसि माधव॥ एवमु[illegible] तु वचने देव्या पर-पुरंजयः॥ ८७॥ कृष्णः प्रभाषते वाक्यं शृणु सत्यं तु भामिनि॥ बाणो बाहुसहस्रेण नर्दते दर्पमाश्रितः॥ ८८॥ एतेषां छेदनं त्वद्य कर्त्तव्यं नात्र संशयः॥ द्विबाहुना च बाणेन जीवपुत्री भविष्यसि॥ ८९॥ आसुरं दर्पमाश्रित्य न च मां संश्रयिष्यति॥ एवमुक्ते तु वचने कृष्णेनाक्लि-ष्टकर्मणा॥ ९०॥ प्रोवाच देवी बाणोऽयं देवदत्तो भवेदिति॥ अथ तां कार्तिकेयस्य मातरं सोऽभिभाष्य वै॥ ९१॥ प्रोवाच बाणं समरे वदतां प्रवरः प्रभुः॥ युध्यतां युध्यतां संख्ये भवतां कोटवी स्थिता॥ ९२॥ अशक्तानामिव रणे धिग्बाण तव पौरुषम्॥ एवमु[illegible]क्त्वा ततः कृष्णस्तच्चक्रं परमात्मवान्॥ ९३॥ निमीलिताक्षो व्यसृज्यद्बाणं प्रति महाबलम्॥ क्षेपणाद्यस्य मुह्यन्ति लोकाः सस्थाणुजङ्गमाः॥ ९४॥ क्रव्यादानि च

कहनेपर भगवान कृष्ण बोले—हे भामिनि! मैं जो कह रहा हूँ, सो सुनो। तुम्हारा पुत्र बाणासुर अपनी हजार भुजाओंके बलसे अहंकारी होकर बराबर गर्जन-तर्जन किया करता है ॥८७॥८८॥ अतएव आज मैं उसकी सब भुजायें काटकर केवल दो भुजायें बाकी छोड़ दूँगा। ऐसा करनेसे द्विबाहु बाणासुरको प्राप्त करके तुम भी जीवितपुत्रिका हो जाओगी॥ ८९॥ इससे फिर कभी वह दर्पवश मेरे साथ स्पर्धा नहीं करेगा। अक्लिष्टकर्मा भगवान कृष्णके यह कहनेपर देवीने कहा—'भगवन्! आप ऐसा कुछ करिए कि जिससे देवताके प्रसाद-स्वरूप मेरा बाणासुर जीवित रह जाय।' भगवानने कार्तिकेयकी मातासे कहा—'ऐसा ही होगा' ॥९०॥९१॥ तदनन्तर उन्होंने बाणासुरसे कहा—'दैत्येन्द्र! तुम कायरोंकी तरह बीच-बीचमें देवी कोटवीको रणभूमिमें क्यों बुलाते हो ? तुम्हें और तुम्हारे पौरुषको धिक्कार है।' ऐसा कहकर भगवान कृष्णने अपने दोनों नेत्र मूँद लिये और बाणासुरपर चक्रास्त्र चलानेको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उद्यत हो गये। हे महाराज! चक्रास्त्रके चलनेकी सम्भावनापर ही संसारके सभी स्थावर-जङ्गम प्राणी मूर्छित हो गये॥ ९२–९४॥ आममांसाहारी हिंस्र पशुओंके आनन्दकी कोई सीमा नहीं रही। उसी समय कोपज्वलित गदाधर भगवानने सूर्यकी किरणों सदृश अपना चक्र घुमाकर चला दिया। भगवानके हाथसे निक्षिप्त वह चक्र अलातचक्र तथा द्वितीय सूर्यके समान बड़े वेगके साथ घूमता हुआ बाणासुरके रथमार्गकी ओर चला। किन्तु उसे कोई देख नहीं सका॥९५-९८॥ अन्तमें उसने एकादिक्रमसे बाणासुरकी सब भुजायें काटकर केवल दो भुजायें छोड़ दीं। सुदर्शनचक्र इस प्रकार दैत्यराजकी सब भुजायें काटकर छिन्नशाखाओंवाले वृक्षके समान उसे द्विबाहु करके फिर श्रीकृष्णकी उँगलियोंपर जाकर विराजमान हो गया॥९९॥१००॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! दैत्यविनाशक सुदर्शन अपना काम पूरा करके फिर भगवानके हाथमें जा पहुँचा और उधर बाणासुरके शरीरसे रुधिरकी धारा बहने लगी॥१०१॥ भुजायें

भूतानि तृप्तिं यांति महामृधे॥ तमप्रतिमकर्माणं समानं सूर्यवर्चसा॥ ९५॥ चक्रमुद्यस्य समरे कोपदीप्तो गदाधरः॥ स मुष्णन्दानवं तेजः समरे स्वेन तेजसा॥ ९६॥ चिच्छेद बाहूँश्चक्रेण श्रीधरः परमौजसा॥ अलातचक्रवत्तूर्णं भ्राम्यमाणं रणाजिरे॥ ९७॥ छिन्नं तु वासुदेवेन बाणस्य रणमूर्द्धनि॥ विष्णुचक्रं भ्रमत्याशु शैघ्रयाद्रूपं न दृश्यते॥ ९८॥ तस्य बाहुसहस्रस्य पर्यायेण पुनः पुनः॥ बाणस्य छेदनं चक्रे तच्चक्रं रणमूर्द्धनि॥ ९९॥ कृत्वा द्विबाहुं तं बाणं छिन्नशाखमिव द्रुमम्॥ पुनः कराग्रं कृष्णस्य चक्रं प्राप्तं सुदर्शनम्॥ १००॥ वैशम्पायन उवाच॥ कृतकृत्ये तु संप्राप्ते चक्रे दैत्यनिपातने॥ स्रवता तेन कायेन शोणितौघपरिप्लुतः॥ १०१॥ अभवत्पर्वताकारश्छिन्नबाहुर्महासुरः॥ असृङ्मत्तश्च विविधान्नादान्मुञ्चन्घनो यथा॥ १०२॥ तस्य नादेन महता केशवो रिपुसूदनः॥ चक्रं भूयः क्षेप्तुकामो बाणनाशार्थमुद्यतः॥ तमुपेत्य महादेवः कुमारसहितोऽब्रवीत्॥ १०३॥ ईश्वर उवाच॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो जाने त्वां पुरुषोत्तमम्॥ मधुकैटभहन्तारं देवदेवं सनातनम्॥ १०४॥ लोकानां त्वं गतिर्देव त्वत्प्रसूतमिदं जगत्॥ अजेयस्त्वं त्रिभिर्लोकैः ससुरासुरपन्नगैः॥ १०५॥ तस्मात्संहर दिव्यं त्वमिदं चक्रं समुद्यतम्॥ अनिवार्यमसंहार्यं रणे शत्रुभयङ्करम्॥ १०६॥ बाणस्यास्याभयं दत्तं मया केशिनिषूदन॥ तन्मे न स्याद्वृथा वाक्यमतस्त्वां क्षामयाम्यहम्॥ १०७॥ श्रीकृष्ण उवाच॥ जीवतां देव बाणोऽयमेतच्चक्रं निवर्तितम्॥ मान्यस्त्वं देवदेवानामसुराणां च सर्वशः॥ १०८॥ नमस्ते-

कट जानेपर वह पर्वत सदृश दीख रहा था और रुधिरस्नानसे मत्त होकर मेघके समान गर्जन करने लगा॥ १०२॥ उसका इस प्रकार गर्जन सुनकर कुपित श्रीकृष्ण जैसे ही पुनः चक्र चलानेको उद्यत हुए, तैसे ही शंकरजी कार्तिकेयके साथ वहाँ आकर कहने लगे—॥ १०३॥ हे पुरुषोत्तम! हे महाबाहो कृष्ण! मैं आपको भलीभाँति जानता हूँ। आप मधु-कैटभहन्ता, देवदेव, सनातन और संसारी प्राणियोंकी एकमात्र गति हैं और आपसे ही अखिल विश्वकी उत्पत्ति हुई है। सुर, असुर, नर तथा समस्त त्रिलोकीमें कोई भी ऐसा प्राणी नहीं है, जो आपको पराजित कर सके॥ १०४॥ १०५॥ अतएव अब आप इस अनिवार्य, असंहार्य तथा शत्रुके लिए भयङ्कर चक्रास्त्रको सम्हालिए॥ १०६॥ हे केशिनिषूदन! मैंने बाणासुरको अभयदान दे रक्खा है। अतएव आपसे क्षमाप्रार्थना करता हुआ कहता हूँ कि आप ऐसा कुछ करिए कि जिससे मेरा आशीर्वाद व्यर्थ न हो॥ १०७॥ श्रीकृष्ण बोले—हे रुद्रदेव!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आप सभी देवताओं और दैत्योंके पूज्य हैं। अतएव आपके अनुरोधकी रक्षा करता हुआ मैं अपने चक्रास्त्रको समेट लेता हूँ, जिससे बाणासुर जीवित रह जाय ॥ १०८ ॥ हे महादेव! आपको नमस्कार है। मैंने जो निश्चय किया था, मेरा वह कार्य पूर्ण नहीं हुआ। अतएव अब मुझे अनुमति दीजिए, मैं यहाँसे जाऊँगा ॥ १०९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिंशोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १३० ॥

(शिवजीका बाणासुरको वरदान) वैशम्पायन बोले— हे महाराज! महामना भगवान कृष्ण शंकरजीसे ऐसा कहकर गरुड़पर सवार हुए और वहाँ गये, जहाँ अनिरुद्ध नागपाशमें बँधकर पड़े थे ॥ १ ॥ इधर श्रीकृष्णके चले जानेपर नन्दीने बाणासुरसे कहा—दैत्येन्द्र! तुम इसी घायल शरीरसे महादेवजीके सम्मुख जाकर उपस्थित होओ ॥ २ ॥ यह सुनते ही

ऽस्तु गमिष्यामि यत्कार्यं तन्महेश्वर ॥ न तावत्क्रियते तस्मान्मामनुज्ञातुमर्हसि ॥ १०९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि बाणासुरमोचनं नाम त्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा महादेवं कृष्णस्तूर्णं महामनाः ॥ जगाम तत्र यत्रास्ते प्राद्युम्निः सायकैश्रितः ॥ १ ॥ गते कृष्णे ततो नन्दी बाणमाह वचः शुभम् ॥ गच्छ बाण प्रसन्नस्य देवदेवस्य चाग्रतः ॥ २ ॥ तच्छ्रुत्वा नन्दिवाक्यं तु बाणोऽगच्छत शीघ्रगः ॥ छिन्नबाहुं ततो बाणं दृष्ट्वा नन्दी प्रतापवान् ॥ ३ ॥ अपवाह्य रथेनैनं यतो देवस्ततो ययौ ॥ ततो नन्दी पुनर्बाणं प्रागुवाचोत्तरं वचः ॥ ४ ॥ बाण बाण प्रनृत्यस्व श्रेयस्तव भविष्यति ॥ एष देवो महादेवः प्रसादसुमुखस्तव ॥ ५ ॥ शोणितौघप्लुतैर्गात्रैर्नन्दिवाक्यप्रचोदितः ॥ जीवितार्थी ततो बाणः प्रमुखे शंकरस्य वै ॥ ६ ॥ अनृत्यद्भयसंविग्नो दानवः स विचेतनः ॥ तं दृष्ट्वा च प्रनृत्यन्तं भयोद्विग्नं पुनः पुनः ॥ ७ ॥ नन्दिवाक्यप्रजवितं भक्तानुग्रहकृद्भवः ॥ करुणावशमापन्नो महादेवोऽब्रवीद्वचः ॥ ८ ॥ ईश्वर उवाच ॥ वरं वृणीष्व बाण त्वं मनसा यदभीप्ससि ॥ प्रसादसुमुखस्तेऽहं प्रियोऽसि मम दानव ॥ ९ ॥ बाण उवाच ॥ अजरश्चामरश्चैव भवेयं सततं विभो ॥ एष मे प्रथमो देव वरोऽस्तु यदि मन्यसे ॥ १० ॥ देव उवाच ॥ तुल्योऽसि दैवतैर्बाण न मृत्युस्तव विद्यते ॥ अथापरं वृणीष्वाद्य अनुग्राह्योऽसि मे सदा ॥ ११ ॥ बाण उवाच ॥ यथाऽहं शोणितैर्दिग्धो भृशार्तो

शिवजीके पास जानेके लिए बाणासुर आतुर हो उठा। तत्काल नन्दिकेश्वर उसे रथपर बिठाकर शंकरजीके पास ले गये। वहाँ पहुँचकर उन्होंने बाणसे कहा—'तुम महादेवजीके सम्मुख जाकर नाचने लगो। ऐसा करनेसे प्रसन्न होकर शिवजी तुम्हारा कल्याण करेंगे' ॥ ३–५ ॥ नन्दीके कथनानुसार बाणासुर उसी रुधिराक्त शरीरसे शंकर भगवानके सम्मुख नाचने लगा ॥ ६ ॥ किन्तु भयके कारण अब भी वह अचेत था। नितान्त दुर्दशाग्रस्त होकर बाणासुरको नाचते देख भक्तवत्सल शंकरजीके मनमें करुणाका सञ्चार हो गया और उन्होंने उससे कहा ॥ ७ ॥ ८ ॥ शिवजी बोले—हे वत्स बाण! तुम्हारी दुरवस्था देखकर मेरा चित्त दयासे आर्द्र हो उठा है। मैं तुम्हारे ऊपर बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव तुम अभिलषित वर माँगो ॥ ९ ॥ बाणासुर बोला—हे विभो! यदि आप मुझे वर देना चाहते हों तो यही वर दीजिए कि मैं सदा अजर-अमर रहूँ। यह मेरी सर्वप्रथम माँग है ॥ १० ॥ शिवजी बोले—हे बाण! तुम देव-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ताओंकी तरह अमर रहोगे। मृत्यु कभी भी तुमपर अधिकार नहीं कर पायेगी। तुम सदासे मेरे कृपापात्र रहे हो। अतएव इसके अतिरिक्त जो जो वर चाहते होओ, वह भी माँगो ॥११॥ बाणासुर बोला—हे भव ! जिस प्रकार मैं व्रणपीडित और नितान्त आर्त होकर रुधिराक्त कलेवरसे नृत्य कर रहा हूँ, उसी प्रकार आपके जो भक्तजन विह्वल चित्तसे नृत्य करें, उन्हें पुत्रलाभ हो ॥ १२ ॥ श्रीशिवजी बोले—हे वत्स ! मेरे भक्तोंमेंसे जो भक्त निराहार रहते हुए क्षमा, सत्य तथा सरलतापरायण होकर नृत्य करेंगे, उन्हें अवश्य पुत्रलाभ होगा ॥ १३ ॥ हे पुत्र ! अब तुम तृतीय वर माँगो। मैं तुम्हारी अभिलाषा पूर्ण करूँगा और तुम्हारे सभी मनोरथ सफल होंगे ॥ १४ ॥ बाणासुर बोला—हे भगवन् ! चक्रास्त्रके प्रहारसे मेरे शरीरमें जो व्रण हो गये हैं और उनके कारण जो पीड़ा हो रही है, वह मेरा सब कष्ट आपके तृतीय वरदानसे दूर हो जाय ॥ १५ ॥ शंकरजी बोले—हे असुरसत्तम ! अब तुम्हारे शरीरमें चक्रप्रहारके कारण उत्पन्न वेदना नहीं रहेगी और तुम पूर्ण स्वस्थ तथा बलवान् हो जाओगे ॥ १६ ॥ अब मैं प्रसन्न होकर तुम्हें चतुर्थ वर देनेके लिए प्रस्तुत हूँ, तुम्हारी जो अभिलाषा हो उसे व्यक्त

व्रणपीडितः ॥ भक्तानां नृत्यतां देव पुत्रजन्म भवेद्भव ॥ १२ ॥ श्रीहर उवाच ॥ निराहाराः क्षमावन्तः सत्यार्जवसमाहिताः ॥ मद्भक्ता येऽपि नृत्यन्ति तेषामेवं भविष्यति ॥ १३ ॥ तृतीयं त्वमथो बाण वरं वृणु मनोगतम् ॥ तद्विधास्यामि ते पुत्र सफलोऽस्तु भवानिह ॥ १४ ॥ बाण उवाच ॥ चक्रताडनजा घोरा रुजा तीव्रा हि मेऽनघ ॥ वरेणासौ तृतीयेन शांतिं गच्छतु मे भव ॥ १५ ॥ श्रीरुद्र उवाच ॥ एवं भवतु भद्रं ते न रुजा प्रभविष्यति ॥ अक्षतं तव गात्रं तु स्वस्थावस्थं भविष्यति ॥ १६ ॥ चतुर्थं ते वरं दद्मि वृणीष्व यदि काङ्क्षसि ॥ न तेऽहं विमुखस्तात प्रसादसुमुखो ह्यहम् ॥ १७ ॥ बाण उवाच ॥ प्रमाथगणवंश्यस्य प्रथमः स्यामहं विभो ॥ महाकाल इति ख्यातिं गच्छेयं शाश्वतीः समाः ॥ १८॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं भविष्यतीत्याह बाणं देवो महेश्वरः ॥ दिव्यरूपोऽक्षतो गात्रैर्नीरुजस्तु ममाश्रयात् ॥ १९ ॥ ममातिसर्गाद्बाण त्वं भव चैवाकुतोभयः ॥ भूयस्ते पञ्चमं दद्मि प्रख्यातबलपौरुष ॥ पुनर्वरय भद्रं ते यत्ते मनसि वर्तते ॥ २० ॥ बाण उवाच ॥ वैरूप्यमङ्गजं यन्मे मा भूद्देव कदाचन ॥ द्विबाहुरपि मे देहो न विरूपो भवेद्भव ॥ २१ ॥ श्रीहर उवाच ॥ भविता सर्वमेतच्च यथेच्छसि महासुर ॥ भवत्वेवं न चादेयं भक्तानां विद्यते मम ॥ २२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततोऽब्रवीन्महादेवो बाणं स्थितमथान्तिके ॥ एवं भविष्यते सर्वं यत्त्वया समुदाहृतम् ॥ २३ ॥

करो ॥ १७ ॥ बाणासुरने कहा—'हे विभो ! आप मुझे यह वरदान दीजिए कि मैं आपके प्रमथगणोंमें मुख्य बनकर चिरकालतक 'महाकाल' नामसे विख्यात होऊँ ॥१८॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महातेजस्वी शंकर भगवानने बाणासुरसे कहा 'ऐसा ही होगा' और यह भी कहा कि तुम व्रणविवर्जित होकर दिव्य रूप धारण करोगे और तुम्हें कभी भी किसीसे भय नहीं रहेगा। हे विख्यात वीर ! मैं तुम्हें और भी अभिलषित पञ्चम वर प्रदान कर रहा हूँ। तुम्हारी जो इच्छा हो सो माँगो ॥ १९ ॥ २० ॥ बाणासुरने कहा—हे देवदेव ! मेरी जो भुजायें कट गयी हैं, उनके कारण मेरे शरीरमें कुरूपता न रह जाय और केवल दो भुजायें रहनेपर भी मेरा शरीर सुन्दर बना रहे ॥ २१ ॥ महादेवजी बोले—हे असुरसत्तम ! तुम जो-जो अभिलाषा करोगे, वह सब पूर्ण हो जायगी। क्योंकि तुम मेरे असाधारण भक्त हो और भक्तोंके लिए मेरे पास कोई भी वस्तु अदेय नहीं रहती। अतएव तुम जो चाहते हो, तुम्हारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सभी इच्छायें पूर्ण हो जायँगी ॥ २२ ॥ २३ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! भगवान त्रिनेत्र बाणासुरसे ऐसा कहकर सब लोगोंके समक्ष प्रमथगणों समेत वहाँसे अन्तर्धान हो गये ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकत्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३१ ॥

(उषाके साथ अनिरुद्धका विवाह) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस प्रकार बहुतेरे वरों तथा महाकालत्व प्राप्त करके बाणासुर बहुत आनन्दित हुआ और शंकर भगवानके साथ चला गया ॥ १ ॥ इधर भगवान कृष्ण बारम्बार नारदजीसे पूछने लगे—ऋषिवर ! नागपाशमें बँधा हुआ मेरा अनिरुद्ध कहाँ है ? ॥ २ ॥ मैं यह जानना चाहता हूँ । क्योंकि मेरा चित्त स्नेहरससे आर्द्र हो गया है । अनिरुद्धका अपहरण हो जानेसे समस्त द्वारकावासी क्षुब्ध हो गये हैं ॥ ३ ॥ उसे मुक्त करनेके लिए ही हम यहाँ आये थे । अतएव मैं उसे

एतावदुक्त्वा भगवांस्त्रिनेत्रो गणसंवृतः ॥ पश्यतां सर्वभूतानां तत्रैवान्तरधीयत ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि उषाहरणे बाणासुरवरप्रदानं नाम एकत्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं वरान्बहून्प्राप्य बाणः प्रीतमनाऽभवत् ॥ जगाम सह रुद्रेण महाकालत्वमागतः ॥१॥ वासुदेवोऽपि बहुधा नारदं पर्यपृच्छत ॥ क्वानिरुद्धोऽस्ति भगवन्संयतो नागबन्धनैः ॥ २ ॥ श्रोतुमिच्छामि तत्त्वेन स्नेहक्लिन्नं हि मे मनः ॥ अनिरुद्धे हृते वीरे क्षुभिता द्वारका पुरी ॥ ३ ॥ शीघ्रं तं मोक्षयिष्यामो यदर्थं वयमागताः ॥ अथ तं नष्टशत्रुं वै द्रष्टुमिच्छामहे वयम् ॥ ४ ॥ स प्रदेशस्तु भगवन्विदितस्तव सुव्रत ॥ एवमुक्तस्तु कृष्णेन नारदः प्रत्यभाषत ॥ ५ ॥ कन्यापुरे कुमारोऽसौ बद्धो नागैश्च माधव ॥ एतस्मिन्नन्तरे शीघ्रं चित्रलेखा ह्युपस्थिता ॥६॥ बाणस्योत्तमशर्वस्य दैत्येन्द्रस्य महात्मनः ॥ इदमन्तःपुरं देव प्रविशस्व यथासुखम् ॥७॥ ततः प्रविष्टास्ते सर्वे ह्यनिरुद्धस्य मोक्षणे ॥ बलः सुपर्णः कृष्णस्तु प्रद्युम्नो नारदस्तथा ॥ ८ ॥ ततो दृष्ट्वैव गरुडं येऽनिरुद्धशरीरगाः ॥ शररूपा महासर्पा वेष्टयित्वा तनुं स्थिताः ॥ ९ ॥ ते सर्वे सहसा देहात्तस्य निःसृत्य भोगिनः ॥ क्षितिं समभिवर्तित्वा प्रकृत्यावस्थिताः शराः ॥ १० ॥ दृष्टः स्पृष्टश्च कृष्णेन सोऽनिरुद्धो महायशाः ॥ स्थितः प्रीतमना भूत्वा प्राञ्जलिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ ११ ॥ देवदेव सदा युद्धे जेता त्वमसि केशव ॥ न शक्तः प्रमुखे स्थातुं साक्षादपि शत-

शीघ्र बन्धनमुक्त करके निष्कण्टक देखना चाहता हूँ ॥ ४ ॥ हे भगवन् ! मेरा वत्स जहाँ रहता है, वह स्थान आपको मालूम है । श्रीकृष्णके ऐसा कहनेपर देवर्षि नारद बोले—॥ ५ ॥ 'माधव ! इस समय नागपाशमें बंधे हुए कुमार अनिरुद्ध बाणकन्या उषाके अन्तःपुरमें कैद हैं ।' नारद ऐसा कह ही रहे थे, उसी समय उषाकी सखी चित्रलेखा वहाँ आ उपस्थित हुई ॥ ६ ॥ उसने कहा—हे देव ! हमारे परम प्रतापी दैत्यराज बाणासुरका यह अन्तःपुर है । आप स्वच्छन्दतापूर्वक इसमें प्रविष्ट हो सकते हैं ॥ ७ ॥ तदनन्तर बलराम, गरुड़, श्रीकृष्ण, प्रद्युम्न तथा देवर्षि नारद वे सब अनिरुद्धको बन्धनयुक्त करनेके लिए अन्तःपुरमें गये ॥ ८ ॥ उसी समय बाणरूपसे जो बड़े-बड़े सर्प अनिरुद्धका शरीर बाँधे हुए थे, वे गरुड़को देखते ही भयभीत भावसे उनका शरीर छोड़-छोड़कर भाग गये ॥ ९ ॥ १० ॥ भगवान कृष्ण अनिरुद्धको देखते ही व्यग्रताके साथ उनके समीप पहुँचे और उनके शरीरपर प्रेमपूर्वक हाथ फेरने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगे । तब अनिरुद्धने हाथ जोड़कर श्रद्धाके साथ भगवानको प्रणाम करते हुए कहा—॥११॥ हे देवदेव ! आप सदा सभी युद्धोंमें विजय प्राप्त करते आये हैं । साक्षात् देवराज इन्द्र भी रणभूमिमें आपके समक्ष नहीं टिक सकते ॥ १२ ॥ तदनन्तर अनिरुद्धने पूर्ण श्रद्धापूर्वक महाबलवान् तथा असाधारण यशस्वी बलरामको प्रणाम किया ॥ १३ ॥ फिर क्रमशः श्रीकृष्ण-भगवान तथा गरुड़को अभिवादन करके विचित्र बाणधारी अपने पिता साक्षात् कामदेवके पास गये और चरणस्पर्शपूर्वक प्रणाम किया ॥ १४ ॥ १५ ॥ उनके पीछे-पीछे उषा भी अपनी सखियोंके साथ सलज्जभावसे आयी और बलवान् बलराम, दुर्जय श्रीकृष्ण, विपुल वेगवान् गरुड़ और पुष्पबाणधारी कन्दर्पस्वरूप प्रद्युम्नको प्रणाम किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ तदनन्तर इन्द्रके आदेशानुसार देवर्षि नारद हँसते हुए भगवान कृष्णके पास गये और कहने लगे– हे वासुदेव ! आज आपके सौभाग्यका दिन है । क्योंकि आज आपकी अनिरुद्धसे भेंट हो गयी ॥ १८ ॥ ॥ १९ ॥ तत्पश्चात् भगवान् कृष्णने अनिरुद्ध आदिके साथ आगे बढ़कर देवर्षिको चरणस्पर्शपूर्वक प्रणाम किया । सबको यथोचित आशीर्वाद देनेके बाद नारदजी बोले—॥ २० ॥ हे

क्रतुः ॥ १२ ॥ ततो महाबलं देवं बलभद्रं यशस्विनम् ॥ अभिवादयते हृष्टः सोऽनिरुद्धो महामनाः ॥ १३ ॥ माधवं च महात्मानमभिवाद्य कृता-ञ्जलिः ॥ खगोत्तमं महावीर्यं सुपर्णमभिवाद्य च ॥ १४ ॥ ततो मकरकेतुं च चित्रबाणधरं प्रभुम् ॥ पितरं सोऽभ्युपागम्य प्रद्युम्नमभ्यवादयत् ॥ १५ ॥ सखीगणवृता चैव सा चोषा भवने स्थिता ॥ बलं चातिबलं चैव वासुदेवं सुदुर्ज्जयम् ॥ १६ ॥ असंख्यातगतिं चैव सुपर्णमभिवाद्य च ॥ पुष्प-बाणधरं चैव लज्जमानाऽभ्यवादयत् ॥ १७ ॥ ततः शक्रस्य वचनान्नारदः परमद्युतिः ॥ वासुदेवसमीपं स प्रहसन्पुनरागतः ॥ १८ ॥ वर्द्धापयति तं देवं गोविन्दं शत्रुसूदनम् ॥ दिष्टया वर्द्धसि गोविन्द अनिरुद्धसमागमात् ॥ १९ ॥ ततोऽनिरुद्धसहिता नारदं प्रणताः स्थिताः ॥ आशीर्भिर्व-र्द्धयित्वा च देवर्षिः कृष्णमब्रवीत् ॥ २० ॥ अनिरुद्धस्य वीर्याख्यो विवाहः क्रियतां विभो ॥ जम्बूलमाणिकां द्रष्टुं श्रद्धा हि मम जायते ॥ २१ ॥ ततः प्रहसिताः सर्वे नारदस्य वचःश्रवात् ॥ कृष्णः प्रोवाच भगवन् क्रियतामाशु मा चिरम् ॥२२॥ एतस्मिन्नन्तरे तात कुम्भाण्डः समुपस्थितः ॥ वैवाहिकांस्तु संभारान्गृह्य कृष्णं नमस्य तु ॥२३॥ कुम्भाण्ड उवाच ॥ कृष्ण कृष्ण महाबाहो भव त्वमभयप्रदः ॥ शरणागतोऽस्मि देवेश प्रसीदैषो-ऽञ्जलिस्तव ॥२४॥ नारदस्य वचः श्रुत्वा सर्वं प्रागेव चाच्युतः ॥ अभयं यच्छते तस्मै कुम्भाण्डाय महात्मने ॥ २५ ॥ कुम्भाण्ड मन्त्रिणां श्रेष्ठ

विभो ! आज इसी स्थानपर पराक्रमसे प्राप्त बाणकन्या उषाके साथ अनिरुद्धका विवाहकार्य सम्पन्न हो जाना चाहिए । क्योंकि विवाहके समय कन्यापक्षकी स्त्रियोंके गाली भरे वचन सुननेकी मेरी बड़ी इच्छा है ॥ २१ ॥ देवर्षिके वचन सुनकर वहाँ उपस्थित सब लोग हँसने लगे । तदनन्तर भगवान कृष्ण बोले—भगवन् ! तो अब विलम्ब करनेकी कोई आवश्यकता नहीं । आप शीघ्र यह शुभ कार्य सम्पन्न कर दीजिए ॥ २२ ॥ उन लोगोंमें परस्पर इस तरह वार्तालाप हो ही रहा था, उसी समय कुम्भाण्ड विवाहकी सामग्रियों समेत वहाँ आ उपस्थित हुआ । पहुँचते ही उसने भगवानको प्रणाम किया ॥ २३ ॥ तत्पश्चात् उसने हाथ जोड़कर कहा–हे महाबाहो ! मैं आपका शरणागत सेवक हूँ । आप प्रसन्न होकर मुझे अभयदान दीजिए ॥२४॥ हे महाराज ! भगवान मधुसूदन नारदजीके मुखसे कुम्भाण्डका सब वृत्तान्त सुन चुके थे । अतएव उन्होंने उसे पहले ही अभयदान देनेका संकल्प कर लिया था ॥२५॥ इस समय उन्होंने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा—हे कुम्भाण्ड ! तुम बाणासुरके सब मन्त्रियोंमें श्रेष्ठ हो। मैं तुम्हारे ऊपर बहुत प्रसन्न हूँ। क्योंकि नारदजीके मुखसे मैं पहले ही तुम्हारे सत्कार्योंका विवरण सुन चुका हूँ। अब तुम इस शोणितपुरके अधिपति बनकर अपने बन्धु-बान्धवोंके साथ परम आनन्दके साथ जीवन यापन करो ॥ २६ ॥ मैं पहले ही तुम्हें शोणितपुरका राज्य दे चुका हूँ। अब तुम मेरे आश्रयमें रहते हुए चिरञ्जीवी होओ। इस प्रकार महात्मा कुम्भाण्डको राज्य देकर भगवान उषाके साथ अनिरुद्धका विवाह करानेके कार्यमें संलग्न हो गये। उस समय स्वयं अग्निदेव वहाँ आ उपस्थित हुए ॥२७॥२८॥ तदनन्तर शुभ नक्षत्रमें उषा-अनिरुद्धका विवाह हुआ। विवाहके उपलक्ष्यमें विविध प्रकारके कौतुक करनेके लिए बहुतेरी अप्सरायें वहाँ आ पहुँचीं ॥२९॥ इधर अनिरुद्ध और उषाने भी स्नान करके उत्तम वस्त्राभूषण धारण किया। उस समय गन्धर्वों और विद्याधरोंने विवाहसभामें अति स्निग्ध तथा सुमधुर स्वरमें गायन-वादन किया ॥३०॥ उस विवाहसमारोहके अवसरपर अप्सराओंने नृत्य भी किया। इस प्रकार शत्रुसूदन भगवान कृष्णने सानन्द अनिरुद्धका विवाहकार्य सम्पन्न कर लिया ॥३१॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

प्रीतोऽस्मि तव सुव्रत ॥ सुकृतं ते विजानामि राष्ट्रिकोऽस्तु भवानिह ॥ सज्ञातिपक्षः सुसुखी निर्वृतोऽस्तु भवानिह ॥ २६ ॥ राज्यं च ते मया दत्तं चिरं जीव ममाश्रयात् ॥ एवं दत्त्वा राज्यमस्मै कुम्भाण्डाय महात्मने ॥ २७ ॥ विवाहमकरोत्तस्यानिरुद्धस्य जनार्दनः ॥ ततस्तु भगवान्वह्निस्तत्र स्वयमुपस्थितः ॥ २८ ॥ स विवाहोऽनिरुद्धस्य नक्षत्रे च शुभेऽभवत् ॥ ततोऽप्सरोगणश्चैव कौतुकं कर्तुमुद्यतः ॥ २९ ॥ स्नातस्त्वलंकृतस्तत्र सोऽनिरुद्धः स्वभार्यया ॥ ततः स्निग्धैः शुभैर्वाक्यैर्गन्धर्वाश्च जगुस्तदा ॥ ३० ॥ नृत्यन्त्यप्सरसश्चैव विवाहमुपशोभयन् ॥ ततो निर्वर्तयित्वा तु विवाहं शत्रुसूदनः ॥३१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे विष्णुपर्वणि अनिरुद्धोद्वाहो नाम द्वात्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥१३२॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अनिरुद्धस्य सुप्रज्ञः सर्वैर्देवगणैर्वृतः ॥ आमन्त्र्य वरदं तत्र रुद्रं देवनमस्कृतम् ॥१॥ चकार गमने बुद्धि कृष्णः परपुरंजयः ॥ द्वारकाभिमुखं कृष्णं ज्ञात्वा शत्रुनिषूदनम् ॥२॥ कुम्भाण्डो वचनं प्राह प्राञ्जलिर्मधुसूदनम् ॥ बाणस्य गावस्तिष्ठन्ति हस्ते तु वरुणस्य वै ॥३॥ यासाममृतकल्पं वै क्षीरं क्षरति माधव ॥ तत् पीत्वाऽतिबलश्चैव नरो भवति दुर्जयः ॥४॥ कुम्भाण्डेनैवमाख्याते हरिः प्रीतमनास्तदा ॥ गमनाय मतिं चक्रे गन्तव्यमिति निश्चयम् ॥ ५ ॥ ततस्तु भगवान् ब्रह्मा वर्धाप्य स तु केशवम् ॥ जगाम ब्रह्मलोकं स वृतः स्वभवनालये ॥ ६ ॥ इन्द्रो मरुद्गणयुतो द्वारका-

विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वात्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३२ ॥

(भगवान कृष्णका शोणितपुरसे द्वारकाको प्रस्थान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! शत्रुनाशन भगवान कृष्ण सब देवताओंके साथ अनिरुद्धका विवाहकार्य सम्पन्न करनेके बाद वरदायक शिवजी, देवी रुद्राणी एवं कार्तिकेयसे अनुमति लेकर द्वारकापुरी लौटनेको उत्सुक हुए। उन्हें लौटनेके लिए उद्यत देखकर महामन्त्री कुम्भाण्ड हाथ जोड़कर बोला—हे पुण्डरीकाक्ष ! मुझे आपसे कुछ कहना है। सो कह रहा हूँ, सुनिए। बात यह है कि बाणासुरकी कुछ गौवें इस समय वरुणदेवके अधिकारमें हैं ॥१-३॥ उनके स्तनोंसे अमृत सदृश दुग्ध निकलता है। उस दूधको पीनेवाला प्राणी बड़ा बलवान् और दुर्जय हो जाता है ॥४॥ कुम्भाण्डका वचन सुनकर प्रसन्न कृष्णभगवानने वरुणलोक जानेका निश्चय किया ॥५॥ तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्माजी श्रीकृष्णका अभिनन्दन करके अपने गणोंके साथ ब्रह्मलोक चले गये ॥ ६ ॥ इन्द्रदेव देवताओंके साथ द्वारकापुरीकी ओर चल पड़े। उनके अतिरिक्त भगवानके जितने भी शुभचिन्तक शोणितपुरसे आये थे, वे सब भी द्वारकाकी ओर अग्रसर हुए ॥ ७ ॥ बाणासुरकी पत्नीने अनेक सखियोंके साथ उषाको मयूर वाहनपर सवार कराके द्वारकाके लिए विदा कया। अन्तमें महाबली बलराम, कृष्ण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध गरुड़की पीठपर सवार हुए। उन सबके सवार हो जानेपर गरुड़ उड़े तो उनके वेगसे वृक्ष उखड़ने लगे, पृथिवी काँपने लगी, दिशायें व्याकुल हो गयीं और आकाश धूलसे भर गया ॥ ८–१० ॥ गरुड़के प्रस्थान करनेपर सूर्यभगवानकी किरणें मन्द पड़ गयीं। इस प्रकार वे पुरुषर्षभ बाणासुरपर विजय प्राप्त करके गरुड़की पीठपर सवार होकर लम्बा रास्ता तैं करनेके लिए आगे बढ़े। आकाशमें पहुँचकर वे उत्तर दिशामें चलने लगे ॥११॥१२॥ चलते-चलते मार्गमें उन्होंने एक स्थानपर

भिमुखो ययौ ॥ यतः कृष्णस्ततः सर्वे गच्छन्ति जयकांक्षिणः ॥ ७ ॥ वाहनेन मयूरेण सखिभिः परिवारिता ॥ द्वारकाभिमुखी ह्युषा देव्या प्रस्थापिता ययौ ॥ ततो बलश्च कृष्णश्च प्रद्युम्नश्च महाबलः ॥८॥ आरूढवन्तो गरुडमनिरुद्धश्च वीर्यवान् ॥ प्रस्थितश्च स तेजस्वी गरुडः पततां वरः ॥९॥ उन्मूलयंस्तरुगणान्कम्पयंश्चापि मेदिनीम् ॥ आकुलाश्च दिशः सर्वा रेणुध्वस्तमिवाम्बरम् ॥ १० ॥ गरुडे संप्रयातेऽभून्मन्दरश्मिर्दिवाकरः ॥ ततस्ते दीर्घमध्वानं प्रययुः पुरुषर्षभाः ॥ ११ ॥ आरुह्य गरुडं सर्वे जित्वा बाणं महौजसम् ॥ ततोऽम्बरतलस्थास्ते वारुणीं दिशमास्थिताः ॥ १२ ॥ अपश्यन्त महात्मानो गावो दिव्यपयःप्रदाः ॥ वेलावनविचारिण्यो नानावर्णाः सहस्रशः ॥ १३ ॥ अवज्ञाय तदा रूपं कुम्भाण्डवचनाश्रयात् ॥ कृष्णः प्रहरतां श्रेष्ठस्तत्त्वतोऽर्थविशारदः ॥ १४ ॥ निशम्य बाणगावस्तु तासु चक्रे मनस्तदा ॥ आस्थितो गरुडं प्राह स तु लोकादिरव्ययः ॥ १५ ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ वैनतेय प्रयाहि त्वं यत्र बाणस्य गोधनम् ॥ यासां पीत्वा किल क्षीरममृतत्वमवाप्नुयात् ॥ १६ ॥ आह मां सत्यभामा च बाणगावो ममानय ॥ यासां पीत्वा किल क्षीरं न जीर्यन्ति महासुराः ॥ १७ ॥ विज्वराश्च जरां त्यक्त्वा भवन्ति किल जन्तवः ॥ ता आनयस्व भद्रं ते यदि धर्मो न लुप्यते ॥१८॥ अथवा कार्यलोपो वै मैव तासु मनः कृथाः ॥ इति मामब्रवीत्सत्या ताश्चैता विदिता मम ॥१९॥ गरुड उवाच ॥ दृश्यन्ते गाव एतास्ता दृष्ट्वा मां वरुणालयम् ॥ विशन्ति सहसा सर्वाः कार्यमत्र विधीयताम् ॥ २० ॥ इत्युक्त्वा चैव गरुडः पक्षवातेन सागरम् ॥

देखा कि रंग-बिरंगी हजारों गौवें समुद्रतटपर चर रही हैं ॥१३॥ आदि-अन्तविवर्जित भगवान कृष्ण पहले ही कुम्भाण्डके मुखसे उन गौओंका वृत्तान्त सुन चुके थे और उन्हें प्राप्त करनेका संकल्प भी उन्होंने कर लिया था। उन गौओंको देखकर श्रीकृष्णने गरुड़से कहा—॥ १४ ॥ १५ ॥ हे वैनतेय! उधर देखो, जिनका दुग्ध पीकर अमरत्व प्राप्त किया जा सकता है, वे बाणासुरकी गायें चर रही हैं। सो तुम उनके पास जाओ। क्योंकि सत्यभामाने कहा है—'बाणासुरकी कुछ गौवें ऐसी हैं कि जिनका दूध पीकर देवता अजर हो जाते हैं और ज्वरग्रस्त प्राणी ज्वरमुक्त हो जाया करते हैं। अतएव यदि धर्मकी हानि न हो तो उन्हें मेरे लिए लेते आइएगा। यदि किसी प्रकार धर्महानिकी सम्भावना हो तो उनकी कोई आवश्यकता नहीं है' ॥१६–१९॥ गरुड़ बोले—भगवन्! मैंने बाणासुरकी गौवोंको देख लिया है। किन्तु वे यदि मुझे देखते ही वरुणालय समुद्रमें घुस जायँ, तब मुझे क्या करना होगा? उसका उपाय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर लीजिए ॥२०॥ ऐसा कहकर गरुड़ अपने पंखके पवनसे समुद्रको क्षुब्ध करते हुए समुद्रमें घुस गये ॥२१॥ बड़े वेगसे गरुड़को वरुणालयमें उपस्थित देखकर वरुणदेवके सैनिक घबड़ा उठे और विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र लेकर भगवान कृष्णके सम्मुख आ पहुँचे। तदनन्तर गरुड़ तथा वरुणके सैनिकोंमें घोर युद्ध आरम्भ हो गया ॥२२॥२३॥ किन्तु अकेले महात्मा कृष्णने वहाँ आये हुए वरुणदेवके हजारों सैनिकोंको छिन्न-भिन्न कर दिया ॥२४॥ श्रीकृष्णके प्रहारसे व्याकुल होकर वे अपने-अपने घर भाग गये। किन्तु दूसरी ओर वरुणदेवके साठ हजार रथी साठ ही हजार रथोंपर सवार होकर वहाँ आ पहुँचे। उन सब रथियोंके पास विविध प्रकार दिव्य शस्त्रास्त्र विद्यमान थे। उस सेनाको सम्मुख उपस्थित देखकर वीर बलराम, श्रीकृष्ण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध और गरुड़ने विविध तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके छिन्न-भिन्न कर दिया। इस प्रकार मार खाकर अपने सैनिकोंकी दुर्दशा होते देख वरुणदेव बहुत क्रुद्ध हुए और तत्काल

सहसा क्षोभयित्वा च विवेश वरुणालयम् ॥ २१ ॥ दृष्ट्वा जवेन गरुडं प्राप्तं वै वरुणालयम् ॥ वारुणाश्च गणाः सर्वे विभ्रान्ताः प्राचलंस्तदा ॥२२॥ ततस्तु वारुणं सैन्यमभिज्ञातुं सुदुर्ज्जयम्॥ प्रमुखे वासुदेवस्य नानाप्रहरणोद्यतम् ॥ तद्युद्धमभवद्घोरं वारुणैः पन्नगारिणा ॥२३॥ तेषामापततां संख्ये वारुणानां सहस्रशः ॥ भग्नं बलमनाधृष्यं केशवेन महात्मना ॥ २४ ॥ ततस्ते प्रद्रुता यान्ति तमेव वरुणालयम् ॥ षष्टिं रथसहस्राणि षष्टिं रथशतानि च ॥२५॥ वारुणानि च युद्धानि दीप्तशस्त्राणि संयुगे ॥ तद्बलं बलिभिः शूरैर्बलदेवजनार्दनैः ॥२६॥ प्रद्युम्नेनानिरुद्धेन गरुडेन च सर्वशः॥ शरौघैर्विविधैस्तीक्ष्णैर्वध्यमानं समन्ततः ॥ २७ ॥ ततो भग्नं बलं दृष्ट्वा कृष्णेनाक्लिष्टकर्मणा ॥ वरुणस्त्वथ संक्रुद्धो निर्ययौ यत्र केशवः ॥ २८ ॥ ऋषिभिर्देवगन्धर्वैस्तथैवाप्सरसां गणैः ॥ संस्तूयमानो बहुधा वरुणः प्रत्यदृश्यत ॥ २९ ॥ छत्रेण ध्रियमाणेन पाण्डुरेण वपुष्मता॥ सलिलस्राविणा श्रेष्ठं चापमुद्यम्य धिष्ठितः ॥ ३० ॥ अपां पतिरतिक्रुद्धः पुत्रपौत्रबलान्वितः॥ आह्वयन्निव युद्धाय विस्फारितमहाधनुः ॥३१॥ स तु प्राध्मापयच्छंखं वरुणः समधावत॥ हरिं हर इव क्रुद्धो बाणजालैः समावृणोत् ॥ ३२ ॥ ततः प्रध्माय जलजं पाञ्चजन्यं जनार्दनः ॥ बाणजालैर्दिशः सर्वास्ततश्चक्रे महाबलः ॥ ३३ ॥ ततः शरौघैर्विमलैर्वरुणः पीडितो रणे ॥ स्मयन्निव ततः कृष्णं वरुणः प्रत्ययुध्यत ॥ ३४ ॥ ततोऽस्त्रं वैष्णवं घोरमभिमन्त्र्याहवे स्थितः ॥ वासुदेवोऽब्रवीद्वाक्यं प्रमुखे तस्य धीमतः ॥ ३५ ॥ इदमस्त्रं महाघोरं वैष्णवं शत्रुसूदनम् ॥ ममोद्यतं वधार्थं ते तिष्ठेदानीं स्थिरो

वे भगवान कृष्णके पास आ पहुँचे ॥ २७-२८ ॥ ऋषि, देवता, गन्धर्व और अप्सरायें उनकी स्तुति करती हुई उनके पीछे-पीछे चल रही थीं ॥ २९ ॥ उनके मस्तकपर सलिलधारावर्षी श्वेत छत्र तथा हाथमें उत्कृष्ट धनुष विद्यमान था ॥ ३० ॥ जलराज वरुणदेव अतिशय क्रुद्ध होकर अपने पुत्र-पौत्रादिकोंके साथ आये और धनुषका टंकोर करते हुए युद्धके लिए ललकारने लगे ॥ ३१ ॥ तदनन्तर अपना शंख बजाते हुए वे भगवान कृष्णकी ओर दौड़े और साक्षात् शंकरजीके समान अविरल बाण वर्षा करते हुए उन्हें चारों ओरसे ढाँक दिया ॥ ३२ ॥ इधर भगवान कृष्ण भी अपना पांचजन्य शंख बजाकर बाण वर्षा करने लगे। उनकी विकराल शरवृष्टिसे सभी दिशायें व्याकुल हो उठीं ॥ ३३ ॥ वरुणदेव भगवान कृष्णके विमल बाणोंसे नितान्त निपीडित होते हुए भी लीलाक्रमसे बराबर युद्ध करते जा रहे थे ॥३४॥ उसी समय श्रीकृष्णने अपने वैष्णवास्त्रको मंत्राभिषिक्त करके कहा—हे सलिलपते ! तुम्हारा विनाश करनेके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिए मैं यह शत्रुनाशक तथा भयानक वैष्णवास्त्र छोड़नेको उद्यत हूँ। अतएव तुम भली भाँति सजग होकर खड़े हो जाओ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ तब महाबली वरुणदेव वैष्णवास्त्रका प्रतीकार करनेके लिए अपना वारुणास्त्र तानकर भीषण सिंहनाद करते हुए खड़े हो गये ॥ ३७ ॥ वैष्णवास्त्रका निवारण करनेके लिए उनके वारुणास्त्रसे भयानक जलधारा निकलने लगी ॥ ३८ ॥ उससे जितना ही जल निकल-निकलकर पड़ता था, उतना ही वैष्णवास्त्र और भी धधकता जाता था। जब वारुणास्त्रकी शक्ति क्षीण हो गयी, तब वैष्णवास्त्र पूर्णरूपसे जाज्वल्यमान हो उठा और वरुणदेवके सैनिक उसकी ज्वालामें जलने लगे ॥३९॥ सभी दिशायें भयाकुल हो उठीं। ऐसे विप्लवकी स्थिति देखकर वरुणदेवने श्रीकृष्ण भगवानसे कहा—हे महाभाग ! आप इस प्रकार तमोगुणके वशीभूत क्यों हुए जा रहे हैं ? एक बार अपनी स्थूल-सूक्ष्मस्वरूपा पूर्व प्रकृतिका तो स्मरण करिए। ऐसा करके आप इस तमोगुणको दूर कर दें ॥ ४० ॥ ४१ ॥ हे योगीश्वर ! हे महामते ! सत्त्वगुणका अवलम्बन करके आप पञ्चभूताश्रित अहङ्कारादि दोषोंको त्याग दीजिए ॥ ४२ ॥ यह जो आपकी वैष्णवी मूर्ति दृश्यमान हो

भव ॥ ३६ ॥ ततोऽस्त्रं वरुणो देवो ह्यस्त्रं वैष्णवमुद्यतः ॥ वारुणास्त्रेण संयोज्य विननाद महाबलः ॥ ३७ ॥ तस्यास्त्रे वितता ह्यापो वरुणस्य विनिःसृताः ॥ वैष्णवास्त्रस्य शमने वर्त्तते समितिञ्जयः ॥ ३८ ॥ आपस्तु वारुणास्तत्र क्षिप्ताः क्षिप्ता ज्वलन्ति वै ॥ दह्यन्ते वारुणास्तत्र ततोऽस्त्रे ज्वलिते पुनः ॥ ३९ ॥ वैष्णवे तु महावीर्ये दिशो भीता विदुद्रुवुः ॥ तत्र तज्ज्वलितं दृष्ट्वा वरुणः कृष्णमब्रवीत् ॥ ४० ॥ स्मर स्वप्रकृतिं पूर्वामव्यक्तां व्यक्तलक्षणाम् ॥ तमो जहि महाभाग तमसा मुह्यसे कथम् ॥ ४१ ॥ सत्त्वस्थो नित्यमासीस्त्वं योगीश्वर महामते ॥ पञ्चभूताश्रयान्दोषानहंकारं च वर्जय ॥ ४२ ॥ या या ते वैष्णवी मूर्तिस्तस्या ज्येष्ठो ह्यहं तव ॥ ज्येष्ठभावेन मान्यं तु किं मां त्वं दग्धुमिच्छसि ॥ ४३ ॥ नाग्निर्विक्रमते ह्यग्नौ त्यज कोपं युधां वर ॥ त्वयि न प्रभविष्यामि जगतः प्रभवो ह्यसि ॥ ४४ ॥ पूर्वं हि या त्वया सृष्टा प्रकृतिर्विकृतात्मिका ॥ धर्मिणी बीजभावेन पूर्वं धर्मं समाश्रिता ॥ ४५ ॥ आग्नेयं वैष्णवं सौम्यं प्रकृत्यैवेदमादितः ॥ त्वया सृष्टं जगदिदं स कथं मयि वर्तसे ॥ ४६ ॥ अजेयः शाश्वतो देहः स्वयंभूर्भूतभावनः ॥ अक्षरं च क्षरं चैव भावाभावौ महाद्युते ॥ ४७ ॥ रक्ष मां रक्षणीयोऽहं त्वयाऽनघ नमोऽस्तु ते ॥ आदिकर्त्ताऽसि लोकानां त्वयैतद्बहुलीकृतम् ॥ ४८ ॥ विक्रीडसि महादेव बालः क्रीडनकैरिव ॥ न ह्यहं प्रकृतिद्वेषी नाहं प्रकृतिदूषकः ॥ ४९ ॥ प्रकृतिर्या

रही है, मैं उसकी ज्येष्ठ मूर्ति हूँ। ज्येष्ठ होनेके कारण मैं आपका मान्य हूँ। ऐसी स्थितिमें भी आप मुझे जला क्यों डालना चाहते हैं ? ॥४३॥ अग्नि कभी अग्निपर अपना पराक्रम नहीं प्रदर्शित करता। आपपर मैं या और कोई भी प्रभुता नहीं स्थापित कर सकता। आप इस जगत्के मूल कारण हैं। अतएव कोप त्याग दीजिए ॥ ४४ ॥ पूर्वकालमें आपने जो कार्यभूत मायाकी सृष्टि की थी, वही माया इस समय जगत्के कारणरूपमें परिणत हो गयी है। तात्पर्य यह कि समस्त संसार आपसे ही उत्पन्न हुआ है ॥४५॥ आपने आग्नेय, वैष्णव तथा सौम्य प्रकृतिमय विश्वकी रचना की है। तब यदि आप इस प्रकार अपनी सृष्टिको ऐसे भीषण शस्त्रास्त्र दिखायेंगे तो वह कैसे जियेगी ? ॥ ४६ ॥ आप अजेय, शाश्वत, स्वयम्भू, भूतभावन, अविनाशी, अव्यय और सर्वव्यापी रहते हैं ॥ ४७ ॥ हे निष्पाप ! आपको नमस्कार है। मैं आपका रक्षणीय हूँ। अतएव हमारी रक्षा करिए। आप लोकोंके आदिकर्ता हैं। आप ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एकसे अनेक हो गये हैं ॥४८॥ बालक जैसे खिलौनेके साथ खेलवाड़ करते हैं, वैसे ही आप भी जगत्में क्रीडा करते हैं। किन्तु आपकी इस क्रीडाका प्रयोजन क्या है? मैं प्रकृतिविरोधी नहीं हूँ और प्रकृतिका दूषक भी नहीं हूँ ॥ ४९ ॥ प्रकृतिमें विकार उत्पन्न होनेपर आप उस विकारको नष्ट करनेके लिए अवतार लेते हैं ॥ ५० ॥ आपमें क्रोध आदि विकार केवल दुष्टोंका दमन करनेके निमित्त उत्पन्न होते हैं और अधार्मिक मूढ़ोंका भली भाँति दमन करते हैं ॥ ५१ ॥ जब यह जगत् रजोगुण अथवा तमोगुणसे व्याप्त हो जाता है, तब मोह उपस्थित होता है ॥ ५२ ॥ हे सर्वज्ञ! आप प्रजापतिके ईश्वरधर्मका अवलम्बन करके हम लोगोंको मोहमें क्यों डाल रहे हैं? ॥ ५३ ॥ धीरप्रकृति, सर्वज्ञ तथा लोकप्रिय कृष्ण वरुणके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और हँसकर बोले—हे भीम पराक्रमी वरुणदेव! इस समय उपस्थित उपद्रव शान्त करनेके लिए आप बाणासुर गौवें लाकर हमें दे दीजिए

विकारेषु वर्त्तते पुरुषर्षभ ॥ तस्या विकारशमने वर्त्तसे त्वं महाद्युते ॥ ५० ॥ विकारो वा विकाराणां विकाराय न तेऽनघ ॥ तानधर्मविदो मन्दा-न्भवान्विकुरुते सदा ॥ ५१ ॥ इदं प्रकृतिजैर्दोषैस्तमसा मुह्यते यदा ॥ रजसा वापि संस्पृष्टा तदा मोहः प्रवर्तते ॥ ५२ ॥ परावरज्ञः सर्वज्ञ ऐश्वर्यविधिमास्थितः ॥ किं मोहयसि नः सर्वान्प्रजापतिरिव स्वयम् ॥५३॥ वरुणेनैवमुक्तस्तु कृष्णो लोकपरायणः ॥ भावज्ञः सर्वकृद्धीरस्ततः प्रीतमना ह्यभूत् ॥ ५४ ॥ इत्येवमुक्तः कृष्णस्तु प्रहसन्वाक्यमब्रवीत् ॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ गावः प्रयच्छ मे वीर शान्त्यर्थं भीमविक्रम ॥ ५५ ॥ इत्येवमुक्तः कृष्णेन वाक्यं वाक्यविशारदः ॥ वरुणो ह्यब्रवीद्भूयः शृणु मे मधुसूदन ॥ ५६ ॥ वरुण उवाच ॥ बाणेन सार्धं समयो मया देव कृतः पुरा ॥ कथं च समयं कृत्वा कुर्यां विफलमन्यथा ॥५७॥ त्वमेव वेद सर्वस्य यथा समयभेदकः ॥ चारित्रं दुष्यते तेन न च सद्भिः प्रशस्यते ॥५८॥ धर्मभागैर्नरो नित्यं वर्ज्यते मधुसूदन ॥ न च लोकानवाप्नोति पापः समयभेदकः ॥५९॥ प्रसीद धर्मलोपश्च मा भून्मे मधुसूदन ॥ न मां समयभेदेन योक्तुमर्हसि माधव ॥६०॥ जीवन्नाहं प्रदास्यामि गावो वै वृषभेक्षण ॥ हत्वा नयस्व मां गाव एष मे समयः पुरा ॥६१॥ एतच्च मे समाख्यातं समयं मधुसूदन ॥ सत्यमेव महाबाहो न मिथ्या तु सुरेश्वर ॥ ६२ ॥ यद्येवाहमनुग्राह्यो रक्ष मां मधुसूदन ॥ अथ वा गोषु निर्बन्धो हत्वा नय महाभुज ॥ ६३ ॥

॥ ५४ ॥ ५५ ॥ श्रीकृष्णके वचन सुनकर वक्ताओंमें श्रेष्ठ वरुणदेव फिर उनको सम्बोधित करके बोले—हे मधुसूदन! सुनिए ॥ ५६ ॥ इसके पूर्व बाणासुरके साथ मेरे पक्षमें एक नियम निर्धारित हो गया था, उसका उल्लंघन मैं नहीं कर सकूँगा ॥ ५७ ॥ भले लोग नियम भङ्ग करनेवालेकी निन्दा करते हैं। नियमभेदककी संसारमें जो अकीर्ति होती है. वह आप जानते ही हैं ॥ ५८ ॥ नियम भङ्ग करनेसे अवश्य अधर्मभागी होना पड़ता है और अधर्मभागी प्राणी कभी भी उत्तम लोक नहीं प्राप्त कर पाता ॥ ५९ ॥ अतएव आप मुझपर प्रसन्न हों और कोई ऐसा उपाय करें कि जिससे मुझे अधर्मभागी न बनना पड़े ॥ ६० ॥ हे वृषभेक्षण! जीवन रहते मैं गायें नहीं दूँगा। मुझे मारकर ही आप गौओंको ले जा सकेंगे। यही बात हममें और बाणासुरमें तै थी ॥ ६१ ॥ जो बात सत्य थी, सो मैंने आपको बता दी। अब यदि आपकी कृपा हो तो मेरी रक्षा करिए। अन्यथा मुझे मारकर गौओंको ले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाइए ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! वरुणदेवके वचन सुनकर यदुवंशवर्द्धन भगवान कृष्णने उनकी प्रतिज्ञा भंग करना अनुचित समझ गोप्राप्तिके विषयमें फिर कुछ नहीं कहा ॥ ६४ ॥ अन्तमें भगवान मुसकाकर बोले—हे वरुणदेव ! यदि बाणासुरके साथ आपका ऐसा निर्णय हो चुका है तो मैं उसका उल्लंघन करके आपको पापपंकमें नहीं फँसाऊँगा—आपकी ही प्रतिज्ञा पूर्ण हो ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ मैंने आपके कल्याणार्थ बाणासुरकी गौओंको त्याग दिया है । अब आप मुक्त हो गये और अपने अभीष्ट स्थानको जा सकते हैं । तदनन्तर वरुणदेवने भेरी तथा तूर्यध्वनिके साथ भगवान कृष्णको अर्घ्य अर्पण करके उनकी पूजा की । श्रीकृष्णने पूजा स्वीकार करके बलरामकी पूजा स्वयं की । इस प्रकार परम प्रतापशाली वासुदेवने वरुणको अभय कर दिया ॥६७-६९॥ तदनन्तर इन्द्रको साथ लेकर भगवानने द्वारकाको प्रस्थान किया । उस समय मरुद्गण, साध्यगण, सिद्धगण, गन्धर्व, अप्सरा,

वैशम्पायन उवाच ॥ वरुणेनैवमुक्तस्तु यदूनां वंशवर्द्धनः ॥ अभेद्यं समयं मत्वा न्यस्तवादो गवां प्रति ॥ ६४ ॥ स प्रहस्य ततो वाक्यं व्याजहारार्थकोविदः ॥ तस्मान्मुक्तोऽसि यद्येवं बाणेन समयः कृतः ॥ ६५ ॥ प्रश्रितैर्मधुरैर्वाक्यैस्तत्त्वार्थमधुभाषितैः ॥ कथं पापं करिष्यामि वरुण त्वय्यहं प्रभो ॥ गच्छ मुक्तोऽसि वरुण सत्यसंधोऽसि नो भवान् ॥ ६६ ॥ त्वत्प्रियार्थं मया मुक्ता बाणगावो न संशयः ॥ ततस्तूर्यनिनादैश्च भेरीणां च महास्वनैः ॥ ६७ ॥ अर्घ्यमादाय वरुणः केशवं प्रत्यपूजयत् ॥ केशवोऽर्घ्यं तदा गृह्य वरुणाद्यदुनन्दनः ॥ ६८ ॥ बलं चापूजयद्देवः कुशलीव समाहितः ॥ वरुणायाभयं दत्त्वा वासुदेवः प्रतापवान् ॥६९॥ द्वारकां प्रस्थितः शौरिः शचीपतिसहायवान् ॥ तत्र देवाः समरुतःससाध्याः सिद्धचारणाः ॥७०॥ गन्धर्वाप्सरसश्चैव किन्नराश्चान्तरिक्षगाः ॥ अनुगच्छन्ति भूतेशं सर्वभूतादिमव्ययम् ॥ ७१ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा अश्विनौ यक्षराक्षसाः ॥ विद्याधरगणाश्चैव ये चान्ये सिद्धचारणाः ॥ गच्छन्तमनुगच्छन्ति यशसा विजयेन च ॥ ७२ ॥ नारदश्च महाभागः प्रस्थितो द्वारकां प्रति ॥ तुष्टो बाणजयं दृष्ट्वा वरुणं च कलिप्रियः ॥ ७३ ॥ कैलासशिखरप्रख्यैः प्रासादैः कन्दरैः शुभैः ॥ दूरान्निशम्य मधुहा द्वारकां द्वारमालिनीम् ॥ ७४ ॥ पाञ्चजन्यस्य निर्घोषं चक्रे चक्रगदाधरः ॥ संज्ञां प्रयच्छते देवो द्वारकापुरवासिनाम् ॥ ७५ ॥ देवानुयाननिर्घोषं पाञ्चजन्यस्य निःस्वनम् ॥ श्रुत्वा द्वारवतीं सर्वे प्रहर्षमतुलं गताः ॥ ७६ ॥ पूर्णकुम्भैश्च लाजैश्च बहुविन्यस्तविस्तरैः ॥ द्वारोपशोभितां कृत्वा सर्वां द्वारवतीं पुरीम्

किन्नर और आकाशचारीगण उन सर्वभूतादि तथा अव्यय कृष्णके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ ७० ॥ ७१ ॥ इनके अतिरिक्त आदित्यगण, वसुगण, रुद्रगण, दोनों अश्विनीकुमार, यक्षगण, राक्षसगण, सिद्ध तथा चारणगण भी भगवानकी विरुदावली बखानते हुए विनम्र भावसे उनका अनुसरण कर रहे थे ॥७२॥ कलहप्रिय देवर्षि नारद भी बाणविजय तथा वरुणदेवके प्रति भगवानकी उपकारलीला देखकर बहुत प्रसन्न हुए और उनके साथ द्वारका चल पड़े ॥ ७३ ॥ शंख-चक्र-गदाधारी भगवान कृष्ण दूरसे ही कैलासशिखर सदृश उच्च अट्टालिका तथा कन्दरा-परिशोभित द्वारकापुरीको देखकर बहुत प्रसन्न हुए और पुरवासियोंको सतर्क करनेके लिए उन्होंने अपना पांचजन्य शंख बजाया ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ वह शंखध्वनि सुनकर द्वारकावासियोंको अपार हर्ष हुआ ॥ ७६ ॥ समस्त पुरी पूर्ण कुम्भ, धानका लावा और विविध पुष्पमालाओंसे सजायी गयी थी। इस प्रकार द्वार-द्वारपर विविध प्रकारके माङ्गलिक सम्भार दीख रहे थे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥७७॥ द्वारकापुरीके सभी मार्ग साफ-सुथरे होकर रत्नमालाओंसे अलंकृत हो गये। विप्रगण हाथमें अर्घ्य लेकर स्वस्त्ययन पाठ करने लगे और बन्दीजन विविध प्रकारके स्तवपाठ करते हुए गरुड़ारूढ़, नीलपर्वतकाय तथा परम रूपवान् केशिसूदन भगवान कृष्णकी अर्चना करने लगे ॥७८–८०॥ ब्राह्मणादि चारों वर्णके लोगोंने श्रेणीबद्ध होकर उनकी पूजा आरम्भ की। जब क्रमशः द्वारकापुरीके उपवनमें पहुँचे तो ऋषि, देवता, गन्धर्व और चारणगण चारों ओरसे उनकी स्तुति करने लगे। वह महासमारोह देखकर द्वारकावासियोंके हर्ष और विस्मयका ठिकाना नहीं रहा। चारों तरफसे जनसाधारणके लोग परस्पर कहने लगे कि 'हमारे परम पुरुष भगवान कृष्ण बाणासुरको परास्त करके लौटे हैं। जब स्वयं जगत्पति हमारा रक्षणावेक्षण करते हैं तो हमारे तुल्य धन्य और अनुगृहीत और कौन होगा ॥ ८१–८५ ॥ दीर्घबाहु तथा विशालभुज भगवान कृष्ण स्वयं हमारे रक्षक हैं। ये कमलनयन भगवान दुर्जय बाणासुरको परास्त

॥ ७७ ॥ सुश्लिष्टरथ्यां सश्रीकां बहुरत्नोपशोभिताम् ॥ विप्राश्चार्घ्यं समादाय यथैव कुलनैगमाः ॥ ७८ ॥ जयशब्दैश्च विविधैः पूजयन्ति स्म माधवम् ॥ वैनतेये समासीनं नीलाञ्जनचयोपमम् ॥ ७९ ॥ ववन्दिरे तदा कृष्णं श्रिया परमया युतम् ॥ तमानुपूर्व्या पूर्णाश्च पूजयन्ति महाबलम् ॥ ८० ॥ अनन्तं केशिहन्तारं श्रेष्ठिपूर्वाश्च श्रेणयः ॥ ऋषिभिर्देवगन्धर्वैश्चारणैश्च समन्ततः ॥ ८१ ॥ स्तूयते पुण्डरीकाक्षो द्वारकोपवने स्थितः ॥ तदाश्चर्यमपश्यन्त दाशार्हगणसत्तमाः ॥ ८२ ॥ प्रहर्षमतुलं प्राप्ता दृष्ट्वा कृष्णं महाभुजम् ॥ बाणं जित्वा महादेवमायान्तं पुरुषोत्तमम् ॥ ८३ ॥ द्वारकासिनां वाचश्चरन्ति बहुधा तदा ॥ प्राप्ते कृष्णे महाभागे यादवानां महारथे ॥ ८४ ॥ गत्वा च दूरमध्वानं सुपर्णो द्रुतमागतः ॥ धन्याः स्मोऽनुगृहीताः स्मो येषां वै जगतः पिता ॥ ८५ ॥ रक्षिता चैव गोप्ता च दीर्घबाहुर्महाभुजः ॥ वैनतेयं समारुह्य जित्वा बाणं सुदुर्जयम् ॥ ८६ ॥ प्राप्तोऽयं पुण्डरीकाक्षो मनांस्याह्लादयन्निव ॥ एवं कथयतामेव द्वारकावासिनां तदा ॥ ८७ ॥ वासुदेवगृहं देवा विविशुस्तं महारथाः ॥ अवतीर्य सुपर्णात्तु वासुदेवो बलस्तदा ॥ ८८ ॥ प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्च गृहान्प्रविविशुस्तदा ॥ ततो देवविमानानि संचरन्ति तदा दिवम् ॥ ८९ ॥ अवस्थितानि दृश्यन्ते नानारूपाणि सर्वशः ॥ हंसर्षभमृगैर्नागैर्वाजिसारसबर्हिणैः ॥ भास्वन्ति तानि दृश्यन्ते विमानानि सहस्रशः ॥ ९० ॥ अथ कृष्णोऽब्रवीद्वाक्यं कुमारांस्तान्सहस्रशः ॥ प्रद्युम्नादीन्समस्तांस्तु श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥ ९१ ॥ एते रुद्रास्तथादित्या वसवोऽथाश्विनावपि ॥

करके गरुड़ वाहन द्वारा यहाँ आकर हमारे हृदयको आनन्दित कर रहे हैं। द्वारकावासी नागरिक जब गद्गदहृदयसे परस्पर इस प्रकार वार्तालाप कर रहे थे, उसी समय महारथी देवता गरुड़की पीठसे उतरे हुए भगवान वासुदेवके भवनमें प्रविष्ट हुए ॥ ८६–८८ ॥ उनके बाद श्रीकृष्ण, बलराम, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध भी उस भवनमें गये। उस समय देवताओंके विविध आकार-प्रकारके हजारों विमान आकाशमण्डलमें मँडरा रहे थे। उनपर हंस, ऋषभ, मृग, नाग, अश्व, सारस तथा मयूरोंके सुन्दर चित्र बने हुए थे। अतएव उनकी अद्भुत शोभा हो रही थी ॥ ८९ ॥ ९० ॥ उसी समय भगवान कृष्णने प्रद्युम्न आदि हजारों यादवकुमारोंको सम्बोधित करके बड़ी ही मधुर वाणीमें कहा—॥९१॥ हे कुमारगण! उधर देखो—रुद्र,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आदित्य, वसु, अश्विनीकुमार, साध्य, देवता, दानवोंके लिए भयङ्कर ऐरावतवाहन देवराज इन्द्र, सप्तर्षिगण, अन्यान्य ऋषिगण, चक्रधरगण, समुद्र, ह्रद, दिशा, विदिशा, वासुकिप्रभृति नागगण, धेनुगण, नक्षत्रगण, यक्षगण, राक्षसगण और किन्नरगण हमारा आनन्द बढ़ानेके लिए यहाँ आये हुए हैं। अतएव तुम लोग एक-एक करके इन सबको प्रणाम करो। भगवान वासुदेवके वचन सुनकर उन यादवकुमारोंने एक-एक करके सबकी यथावत् चरणवन्दना की। उन देवताओंको देखकर नगरनिवासियोंको बड़ा आश्चर्य हुआ॥ ९२–९९॥ उन्होंने तत्काल पूजनसामग्री एकत्र की और वहाँ पहुँचकर वे परस्पर कहने लगे कि भगवान वासुदेवका आश्रय पाये रहनेके कारण हमलोगोंने यह बड़े आश्चर्यकी बात देखी॥ १००॥ इस प्रकार

साध्या देवास्तथाऽन्ये च वन्दध्वं च यथाक्रमम् ॥ ९२ ॥ सहस्राक्षं महाभागं दानवानां भयंकरम् ॥ वन्दध्वं सहिताः शक्रं सगणं नागवाहनम्
॥ ९३ ॥ सप्तर्षयो महाभागा भृग्वाङ्गिरसमाश्रिताः ॥ ऋषयश्च महात्मानो वन्दध्वं च यथासुखम् ॥ ९४॥ एते चक्रधराश्चैव तान्वन्दध्वं च सर्वशः ॥
सागराश्च ह्रदाश्चैव मत्प्रियार्थमिहागताः ॥ ९५ ॥ दिशश्च विदिशश्चैव वन्दध्वं च यथाक्रमम् ॥ वासुकिप्रमुखाश्चैव नागा वै सुमहाबलाः ॥ ९६ ॥
गावश्च मत्प्रियार्थं वै वन्दध्वं च यथाक्रमम् ॥ ज्योतींषि सह नक्षत्रैर्यक्षराक्षसकिन्नरैः ॥ ९७ ॥ आगता मत्प्रियार्थं वै वन्दध्वं च यथाक्रमम् ॥ वासु-
देववचः श्रुत्वा कुमाराः प्रणताः स्थिताः ॥ ९८ ॥ यथाक्रमेण सर्वेषां देवतानां महात्मनाम् ॥ सर्वान्दिवौकसो दृष्ट्वा पौरा विस्मयमागताः ॥ ९९ ॥
पूजार्थमथ संभारान्प्रगृह्य द्रुतमगताः ॥ अहो सुमहदाश्चर्यं वासुदेवस्य संश्रयात् ॥ १०० ॥ प्राप्यते यदिहास्माभिरिति वाचश्चरन्त्युत ॥ ततश्च-
न्दनचूर्णैश्च गन्धपुष्पैश्च सर्वशः ॥ १०१ ॥ किरन्ति पौराः सर्वांस्तान्पूजयन्तो दिवौकसः ॥ लाजैः प्रणामैर्धूपैश्च वाद्यध्वनियमैस्तथा ॥ १०२ ॥
द्वारकावासिनः सर्वे पूजयन्ति दिवौकसः ॥ आहुकं वासुदेवं च साम्बं च यदुनन्दनम् ॥ १०३ ॥ सात्यकिं चोल्मुकं चैव विपृथुं च महाबलम् ॥
अक्रूरं च महाभागं तथा निषधमेव च ॥ १०४ ॥ एतान्परिष्वज्य तदा मूर्ध्नि चाघ्राय वासवः ॥ अथ शक्रो महाभागः समक्षं यदुमण्डले ॥ १०५ ॥
स्तुवन्तं केशिहन्तारं तत्रोवाचोत्तरं वचः ॥ सात्त्वतः सात्त्वतामेष सर्वेषां यदुनन्दनम् ॥ १०६ ॥ मोक्षयित्वा रणे चैव यशसा पौरुषेण च ॥ महा-
देवस्य मिषतो गुहस्य च महात्मनः ॥ १०७ ॥ एष बाणं रणे जित्वा द्वारकां पुनरागतः ॥ सहस्रबाहोर्बाहूनां कृत्वा द्वयमनुत्तमम् ॥ १०८ ॥

वार्तालाप करते हुए पुरवासीगण चारों ओरसे उन देवताओंपर चन्दनचूर्ण, पुष्प और गन्ध आदिकी वर्षा करने लगे। उस समय धानके लावाकी वर्षा, प्रणाम, धूपदान, स्तुतिपाठ तथा यम-नियमादिके पालनकी कोई सीमा नहीं रही। १०१ ॥ १०२ ॥ उधर द्वारकावासी विविध उपचारोंसे देवताओंका पूजन कर रहे थे। इधर देवराज इन्द्रने आहुक, वसुदेव, साम्ब, उल्मुक, महाबली विपृथु, महाभाग अक्रूर और निषधका आलिङ्गनपूर्वक मस्तकाघ्राण करके समस्त यादवोंके समक्ष उनसे कहा–॥१०३–१०५॥ हे यादवों! तुम्हारे इन कृष्ण भगवानने महात्मा महादेव तथा कार्तिकेयके साथ युद्धमें यशोलाभ करके बाणासुरको पराजित किया और आज पुनः द्वारकापुरी लौटे हैं। दैत्यराज बाणासुरके सहस्र भुजायें थीं। सो इन्होंने उसकी केवल दो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भुजायें शेष रक्खीं ॥ १०६–१०८ ॥ जिस उद्देश्यसे इन्होंने मानवलोकमें अवतार लिया था, इनका वह कार्य प्रायः पूर्ण हो चुका है । अब हमें किसी प्रकारका कष्ट नहीं है । अब तुम माध्वीक मदिरा पीकर आनन्दपूर्वक जीवनयापन करो ॥१०९–११०॥ इनके भुजबलसे निष्कण्टक होकर परम सुखके साथ सबलोग विहार करेंगे। हे महाराज ! देवराज इन्द्रने दानवान्तक कृष्ण भगवानकी इस प्रकार स्तुति करके उनसे अनुमति माँगी और सब देवताओंके साथ अपने स्वर्गलोकको चले गये ॥१११–११३॥ वहाँ आये हुए ऋषिगण भी उन्हें आशीर्वाद देकर अपने-अपने आश्रमको प्रस्थान कर दिये । इसी प्रकार यक्ष, राक्षस और किन्नरगण भी भगवानकी वन्दना करके चले गये ॥ ११४ ॥ देवराज इन्द्रके चले जानेपर महाबली पद्मनाभ श्रीकृष्णने सब लोगोंसे कुशल-क्षेम पूछा ॥११५॥ तदनन्तर वहाँ उपस्थित जनसमुदायके हजारों कण्ठसे 'आश्चर्य-आश्चर्य' की ध्वनि गूँज उठी और वे गद्गदहृदयसे भगवान कृष्णका अति-

स्थापयित्वा द्विबाहुत्वे प्राप्तोऽयं स्वपुरं हरिः ॥ यदर्थं जन्म कृष्णस्य मानुषेषु महात्मनः ॥ १०९ ॥ तदप्यवसितं कार्यं नष्टशोका वयं कृताः ॥ पिबतां मधु माध्वीकं भवतां प्रीतिपूर्वकम् ॥ ११० ॥ कालो यास्यत्यविरसं त्रिषयेष्वेव सज्जताम् ॥ बाहूनां संश्रयात्सर्वे वयमस्य महात्मनः ॥ १११ ॥ प्रणष्टशोका रंस्यामः सर्व एव यथासुखम् ॥ एवं स्तुत्वा सहस्राक्षः केशवं दानवान्तकम् ॥ ११२ ॥ आपृच्छय तं महाभागः सर्वदेवगणैर्वृतः ॥ ततः पुनः परिष्वज्य कृष्णं लोकनमस्कृतम् ॥ पुरन्दरो दिवं यातः सह देवमरुद्गणैः ॥ ११३ ॥ ऋषयश्च महात्मानो जयाशीर्भिर्महौजसम् ॥ यथागतं पुनर्याता यक्षराक्षसकिन्नराः ॥ ११४ ॥ पुरंदरे दिवं याते पद्मनाभो महाबलः ॥ अपृच्छत महाभागः सर्वान्कुशलमव्ययम् ॥ ११५ ॥ ततः किलकिलाशब्दं निर्वमन्तः सहस्रशः ॥ गच्छन्ति कौमुदीं द्रष्टुं सोऽनघः प्रीयते सदा ॥ ११६ ॥ द्वारकां प्राप्य कृष्णस्तु रेमे यदुगणैः सह ॥ विविधान्सर्वकामार्थाञ्छ्रिया परमया युतः ॥ ११७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि द्वारकागमने त्रयस्त्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथाहुको महाबाहुः कृष्णं प्राह महाद्युतिः ॥ हर्षादुत्फुल्लनयनः श्रूयतां यदुनन्दन ॥ १ ॥ एवं गतेऽनिरुद्धस्य क्रियतां महदुत्सवः ॥ क्षेमात्प्रत्यागतं दृष्ट्वा सेव्यमानाः समासते ॥ २ ॥ उषापि च महाभागा सखीभिः परिवारिता ॥ रमते परया प्रीत्या चानिरुद्धेन सङ्गता ॥ ३ ॥ कुम्भाण्डदुहिता रामा उषायाः सखिमण्डले ॥ प्रवेश्यतां महाभागा वैदर्भी वर्द्धयत्युत ॥ ४ ॥ साम्बाय दीयतां रामा कुम्भाण्ड-

शय सुन्दर मुख निहारने लगे ॥ ११६ ॥ इस प्रकार परम श्रीसम्पन्न कृष्ण द्वारका पहुँचकर यादवोंके साथ विविध प्रकारका आनन्द लेते हुए विहार करने लगे ॥ ११७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३३ ॥

(उषाहरणकी कथासमाप्ति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर अतिशय तेजस्वी प्रीतिप्रफुल्लित मन महाबाहु आहुकने भगवान कृष्णको सम्बोधित करके कहा—हे यदुनन्दन ! जब हम सब अनिरुद्धके प्रत्यागमनके उपलक्ष्यमें देवताओं तथा अप्सराओंके साथ यहाँ एकत्र हुए हैं और जब हमने अनिरुद्धको सकुशल आया हुआ देख लिया है ॥१॥२॥ जब कि महाभागा उषा सखियोंसे परिवेष्टित होकर अनिरुद्धके साथ सुखपूर्वक विहार कर रही है, तब अनिरुद्धके आगमनके उपलक्ष्यमें उत्सव करना आवश्यक है । कुम्भाण्डकन्या रामा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उषाकी सखी है। अतएव उस महाभागाको साम्बके साथ ब्याह दिया जाय। उषाकी अन्यान्य सखियाँ क्रमशः और-और यादवकुमारोंको सौंप दी जाय ॥ ३–५ ॥ आज अनिरुद्ध तथा आपके भवनमें महोत्सव हो रहा है ॥ ६ ॥ अन्तःपुरकी स्त्रियोंमेंसे बहुतेरी स्त्रियाँ आनन्दसे परिपूर्ण होकर बाजे बजा रही हैं, कुछ नाचती हैं, कुछ उच्चस्वरसे सङ्गीतका आलाप करती हैं, कुछ आह्लादित होकर परस्पर वार्तालाप कर रही हैं, कुछ स्त्रियाँ एक दूसरेके पास जा रही हैं और कुछ भामिनियाँ पाँसे खेल रही हैं ॥ ७–९ ॥ देवी रुद्राणीने मयूरयुक्त रथपर बैठाकर सखियोंके साथ उषाको यहाँ भेजा है। अतएव उसे आप स्वीकार करिए ॥१०॥ उषा सत्कुलोत्पन्ना और असाधारण सुन्दरी कन्या है। अब आप उसे अपने भवनमें प्रविष्ट करिए ॥११॥ तदनन्तर देवकी, रुक्मिणी और रेवती प्रभृति स्त्रियोंने यथोचित मङ्गलाचार करके उषाको अनिरुद्धके भवनमें पहुँचाया ॥ १२ ॥ अनिरुद्धको देखकर उन स्त्रियोंके नेत्रोंसे स्नेह तथा हर्षके

दुहिता शुभा ॥ शेषाश्च कन्या न्यस्यन्तां कुमाराणां यथाक्रमम् ॥ ५ ॥ वर्त्तते सोत्सवस्तत्र अनिरुद्धस्य वेश्मनि ॥ गृहे श्रीधन्वनश्चैव शुभस्तत्र प्रवर्त्तते ॥ ६ ॥ वादयन्ति पुरे तत्र नार्यो मदवशं गताः ॥ नृत्यन्ते चाप्सरास्तत्र गायन्ति च तथाऽपराः ॥ ७ ॥ काश्चित्प्रमुदितास्तत्र काश्चि-दन्योन्यमब्रुवन् ॥ नानावर्णाम्बरधराः क्रीडमानास्ततस्ततः ॥ ८ ॥ अभियान्ति ततोऽन्योन्यं काश्चिन्मदवशात्स्वयम् ॥ क्रीडन्ति काश्चिदक्षैस्तु हर्षादुत्फुल्ललोचनाः ॥ ९ ॥ मायूरं रथमारुह्य सखीभिः परिवारिता ॥ उषा संप्रेषिता देव्या रुद्राण्या प्रतिगृह्यताम् ॥ १० ॥ इयं चैव कुलश्लाघ्या नाम्नोषा सुन्दरी वरा ॥ बाणपुत्री तव वधूः प्रतिगृह्णीष्व भामिनि ॥ ११ ॥ ततः प्रतिगृहीता सा स्त्रीभिराचारमङ्गलैः ॥ प्रवेशिता च सा वेश्म अनिरुद्धस्य शोभना ॥ १२ ॥ देवकी रोहिणी चैव रुक्मिण्यथ विदर्भजा ॥ दृष्ट्वाऽनिरुद्धं रोदन्त्यः स्नेहहर्षसमन्विताः ॥ १३ ॥ रेवती रुक्मिणी चैव गृहमुख्यं प्रवेशयत् ॥ वधूर्वर्द्धसि दिष्ट्या त्वमनिरुद्धस्य दर्शनात् ॥ १४ ॥ ततस्तूर्यप्रणादैस्ता वरनार्यः शुभाननाः ॥ क्रियामारेभिरे कर्तुमुषा च गृहसंस्थिता ॥ १५ ॥ ततो हर्म्यतलस्था सा वृष्णिपुङ्गवसंस्थिता ॥ रमते सर्वसद्दशैरुपभोगैर्वरानना ॥ १६ ॥ चित्रलेखा च सुश्रोणी अप्सरा-रूपधारिणी ॥ आपृष्ट्वा च सखीवर्गमुषां च त्रिदिवं गता ॥ १७ ॥ गतासु तासु सर्वासु सखीष्वसुरसुन्दरी ॥ मायावत्या गृहं नीता प्रथमं सा निमन्त्रिता ॥ १८ ॥ सा तु प्रद्युम्नगृहिणी स्नुषां दृष्ट्वा सुमध्यमा ॥ वासोभिरन्नपानैश्च पूजयामास सुन्दरीम् ॥ १९ ॥ ततः क्रमेण सर्वास्ता

कारण आँसुओंकी धारा बहने लगी ॥ १३ ॥ तदनन्तर रेवती और रुक्मिणीने उषाको प्रधान भवनमें पहुँचाया और कहा—पुत्री! तुम चिरकाल तक अनिरुद्धका दर्शन करती हुई सुखसे रहो ॥ १४ ॥ इसी समय चारों ओर तूर्यध्वनि होने लगी और महिलाओंका मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो गया। इस प्रकार उषा राजभवनमें प्रविष्ट होकर अनिरुद्धके साथ रहती हुई ऐश्वर्यके अनुसार सुखोंका उपभोग करने लगी ॥ १५ ॥ १६ ॥ इधर मानवरूपधारिणी विपुलनितम्बा अप्सरा चित्रलेखा उषा तथा उसकी सखियोंसे विदा लेकर स्वर्गलोकको चली गयी ॥ १७ ॥ इस प्रकार सखियोंके चली जानेपर असुरसुन्दरी ऊषा सर्वप्रथम मायावतीके भवनमें निमन्त्रित होकर पहुँची ॥ १८ ॥ बादमें धीरे-धीरे सभी यादवभामिनियाँ उसे आमन्त्रित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करने और वस्त्र तथा अन्न-पानादि द्वारा उसका सत्कार करने लगीं ॥ १९ ॥ २० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! यह मैंने आपको युद्धमें बाणासुरकी पराजय तथा भगवान कृष्ण द्वारा उसके जीवन्मुक्त होनेका सब वृत्तान्त कह सुनाया ॥२१॥ उसके बाद भी वे द्वारकामें रहते हुए यादवोंके साथ अपने प्रबल प्रतापसे पृथिवीका शासन करते रहे ॥२२॥ इस प्रकार साक्षात् विष्णु इन कारणोंसे वसुदेव-देवकीके गर्भसे जन्म लेकर वासुदेव नामसे विख्यात हुए । आपने मुझसे जो प्रश्न किया था, उसका विवरण मैंने बताया ॥ २३ ॥ २४ ॥ हे महाराज ! 'को धन्यः' इत्यादि नारदके प्रश्नके बाद मैंने आदिसे अन्ततक आपको जो वृत्तान्त बताया, सो सब आपने सुन लिया ॥ २५ ॥ विष्णु भगवानका माथुर-कल्पविषयक आपको जो सन्देह था, तद्विषयक भगवानकी अन्यान्य लीलाओंका इतिहास भी मैंने आपको बता दिया ॥ २६ ॥ फलतः भगवानके सिवाय आश्चर्यका विषय और कोई भी नहीं हैं । सभी कल्पोंमें

वधूमूषां यदुस्त्रियः ॥ आचारमनुपश्यन्त्यः स्वधर्ममुपचक्रिरे ॥ २० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतत्ते सर्वमाख्यातं मया कुरुकुलोद्वह ॥ यथा बाणो जितः संख्ये जीवन्मुक्तश्च विष्णुना ॥ २१ ॥ द्वारकायां ततः कृष्णो रेमे यदुगणैर्वृतः ॥ अन्वशासन्महीं कृत्स्नां परया संयुतो मुदा ॥ २२ ॥ एवमेषोऽवतीर्णो वै पृथिवीं पृथिवीपते ॥ विष्णुर्यदुकुलश्रेष्ठो वासुदेवेति विश्रुतः ॥२३॥ एतैश्च कारणैः श्रीमान्वसुदेवकुले प्रभुः ॥ जातो वृष्णिषु देवक्यां यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ २४ ॥ निवृत्ते नारदप्रश्ने यन्मयोक्तं समासतः ॥ श्रुतास्ते विस्तराः सर्वे ये पूर्वं जनमेजय ॥ २५ ॥ विष्णोस्तु माथुरे कल्पे यत्र ते संशयो महान् ॥ वासुदेवगतिश्चैव सा मया समुदाहृता ॥ २६ ॥ आश्चर्यं चैव नान्यद्वै कृष्णश्चाश्चर्यसंनिधिः ॥ सर्वेष्वाश्चर्यकल्पेषु नास्त्याश्चर्यमवैष्णवम् ॥ २७ ॥ एष धन्यो हि धन्यानां धन्यकृद्धन्यभावनः ॥ देवेषु तु सदैत्येषु नास्ति धन्यतरोऽच्युतात् ॥ २८ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा अश्विनौ मरुतस्तथा ॥ गगनं भूर्दिशश्चैव सलिलं ज्योतिरेव च ॥ २९ ॥ एष धाता विधाता च संहर्ता चैव नित्यशः ॥ सत्यं धर्मस्तपश्चैव ब्रह्मा चैव पितामहः ॥ ३० ॥ अनन्तश्चैव नागानां रुद्राणां शंकरः स्मृतः ॥ जङ्गमाजङ्गमं चैव जगन्नारायणोद्भवम् ॥ ३१ ॥ एतस्माच्च जगत्सर्वं प्रसूयेत जनार्दनात् ॥ जगच्च सर्वं देवेश तं नमस्कुरु भारत ॥ ३२ ॥ पूज्यश्च सततं सर्वैर्देवैरेष सनातनः ॥ इत्युक्तं बाणयुद्धं ते माहात्म्यं केशवस्य तु ॥ ३३ ॥ वंशप्रतिष्ठामतुलां श्रवणादेव लप्स्यसे ॥ ये चेदं धारयिष्यन्ति बाणयुद्धमनुत्तमम् ॥ ३४ ॥ केशवस्य च

आश्चर्यके विषय एकमात्र वे ही हैं ॥ २७ ॥ भगवान वासुदेव ही धन्योंमें धन्य, धन्यकृत् और धन्यभावनामय हैं । देवता, दैत्य तथा अन्यान्य प्राणियोंमें भी उनसे धन्य और कोई नहीं है ॥ २८ ॥ वे ही आदित्य, वसु, रुद्र, अश्विनीकुमार, मरुत्, भूतल, आकाश, दिशा, सलिल, ज्योति, धाता, विधाता, संहर्ता, काल, धर्म, तप, पितामह ब्रह्मा, नागोंमें अनन्त, रुद्रोंमें शकर और वे ही स्थावर-जंगमात्मक जगत् हैं । उन्हींसे इस संसारकी उत्पत्ति होती है । अतएव हे भारत ! आप उनको नमस्कार करिए ॥ २९–३२ ॥ क्योंकि वे सनातन नारायण सब देवताओंके पूज्य हैं । यह मैंने आपको बाणासुरके युद्ध तथा भगवानके माहात्म्यका वृत्तान्त बताया । इसे सुननेके कारण आपके वंशकी असाधारण प्रतिष्ठा होगी । जो लोग बाणासुर-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

युद्धकी गाथा तथा भगवानके माहात्म्यको हृदयंगम कर लेंगे, उन्हें अधर्म कभी स्पर्श भी न करेगा। यज्ञसमाप्तिके बाद आपने जिस नारायणचरितकी जिज्ञासा की थी, वह मैंने आद्योपान्त कह सुनाया। जो लोग इस आश्चर्यजनक समस्त पर्वको सुनते हैं, उनके सब पाप नष्ट हो जाते हैं और अन्तमें उन्हें विष्णुलोक प्राप्त होता है। जो नित्य नियमके साथ प्रातःकाल उठकर एकाग्रचित्तसे इस बाणयुद्धका पाठ करते हैं, उनको इहलोक तथा परलोकमें कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता। इसका पाठ करनेवाला ब्राह्मण सर्ववेदज्ञ तथा क्षत्रिय विजयी राजा होता है ॥३३–३८॥ इसका पाठ करनेवाला वैश्य धनवान् होता है और शूद्रकी सब कामनायें पूर्ण हो जाती हैं। उसे कभी कोई अशुभ स्पर्श नहीं करता और लम्बी आयु प्राप्त होती है ॥३९॥

माहात्म्यं नाधर्मस्तान्भजिष्यति ॥ एषा तु वैष्णवी चर्या मया कात्स्न्र्येन कीर्तिता ॥ ३५ ॥ पृच्छतस्तात यज्ञेऽस्मिन्निवृत्ते जनमेजय ॥ आश्चर्यपर्व निखिलं यो हीदं धारयेन्नृप ॥ ३६ ॥ सर्वपापविनिर्मुक्तो विष्णुलोकं स गच्छति ॥ कल्य उत्थाय यो नित्यं कीर्त्तयेत्सुसमाहितः ॥ ३७ ॥ न तस्य दुर्लभं किञ्चिदिह लोके परत्र च ॥ ब्राह्मणः सर्ववेदी स्यात्क्षत्रियो विजयी भवेत् ॥३८॥ वैश्यो धनसमृद्धः स्याच्छूद्रः कामानवाप्नुयात् ॥ नाशुभं प्राप्नुयात्किञ्चिद्दीर्घमायुर्लभेत सः ॥ ३९ ॥ सौतिरुवाच ॥ इति पारीक्षितो राजा वैशम्पायनभाषितम् ॥ श्रुतवानचलो भूत्वा हरिवंशं द्विजोत्तमाः ॥ ४० ॥ एवं शौनक संक्षेपाद्विस्तरेण तथैव च ॥ प्रोक्ता वै सर्ववंशास्ते किं भूयः श्रोतुमिच्छसि ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि उषाहरणकथासमाप्तिर्नाम चतुस्त्रिंशाधिकशततमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

सूतपुत्रने कहा—हे ऋषिवर! परीक्षिततनय राजा जनमेजयने वैशम्पायनके मुखसे जो हरिवंशकी कथा सुनकर परम सन्तोष प्राप्त किया था, इस समय मैंने भी आपको उसका कुछ अंश संक्षिप्त तथा कुछ विस्तृत रूपसे सुनाया। अब आप क्या सुनना चाहते हैं? सो मुझे बताइए ॥ ४०–४१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी'-भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशदधिकशततमोऽध्यायः ॥ १३४ ॥

श्रीहरिवंशे समाप्तमिदं विष्णुपर्व।

श्रीकृष्णार्पणमस्तु।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति 'नारायणी' भाषाटीकासहिते—

श्रीहरिवंशे पुराणे द्वितीयं विष्णुपर्व ॥ २ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ 'नारायणी' भाषाटीकासहिते--

श्रीहरिवंशे पुराणे तृतीयं भविष्यपर्व ॥ ३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पाण्डववंशकी प्रतिष्ठा) शौनक बोले—हे वत्स लोमहर्षणतनय ! आप सर्वशास्त्रपारदर्शी और सर्वज्ञ विद्वान् हैं। अतएव कृपया आप हमें यह बताइए कि जनमेजयके कितने पुत्र थे और उनमेंसे किस पुत्रके द्वारा पाण्डववंशकी प्रतिष्ठा हुई, यह विषय सुननेकी मेरी बड़ी प्रबल इच्छा है। इस कारण इस समय आप यही वृत्तान्त बताइए। क्योंकि आप यदि इस कथाप्रसंगका प्रतिपादन करेंगे तो वह निखर उठेगा ॥१॥२॥ सूतपुत्र बोले—हे मुनिवर ! महाराज जनमेजयने अपनी स्त्री काश्यासे दो पुत्र उत्पन्न किये। उनमें एकका नाम था चन्द्रापीड और दूसरेका सूर्यापीड। उनमें सूर्यापीड मोक्षमार्गावलम्बी हुआ और चन्द्रापीडने पैतृक राजसिंहासन सम्हाला ॥३॥ यह बात प्रसिद्ध है कि चन्द्रापीडसे एक सौ महाधनुर्धर पुत्र हुए। उन्हींके द्वारा संसारमें जनमेजयके वंशकी प्रतिष्ठा हुई ॥४॥ उन सौ पुत्रोंमें सबसे ज्येष्ठ पुत्र महाबाहु सत्यकर्ण हस्तिनापुरके राज्यसिंहासनपर अधिष्ठित हुए। सत्यकर्ण बड़ा उदार

श्रीगणेशाय नमः ॥ शौनक उवाच ॥ जनमेजयस्य के पुत्राः पठ्यन्ते लौमहर्षणे ॥ कस्मिन्प्रतिष्ठितो वंशः पाण्डवानां महात्मनाम् ॥ १ ॥
एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं परं कौतूहलं हि मे ॥ त्वत्तः कथयतः सर्वं वेद्म्यहं तत्परिस्फुटम् ॥ २ ॥ सौतिरुवाच ॥ पारीक्षितस्य काश्यायां द्वौ पुत्रौ
सम्बभूवतुः ॥ चन्द्रापीडश्च नृपतिः सूर्यापीडश्च मोक्षवित् ॥ ३ ॥ चन्द्रापीडस्य पुत्राणां शतमुत्तमधन्विनाम् ॥ जनमेजय इत्येवं क्षात्रं भुवि परि-
श्रुतम् ॥ ४ ॥ तेषां श्रेष्ठस्तु राजाऽऽसीत्पुरे वाराणसाह्वये ॥ सत्यकर्णो महाबाहुर्यज्वा विपुलदक्षिणः ॥ ५ ॥ सत्यकर्णस्य दायादः श्वेतकर्णः प्रताप-
वान् ॥ अपुत्रः स तु धर्मात्मा प्रविवेश तपोवनम् ॥ ६ ॥ तस्माद्वनगताद्गर्भं यादवी प्रत्यपद्यत ॥ सुचारोर्दुहिता सुभ्रूर्मालिनी भ्रातृमालिनी ॥ ७ ॥
स तु जन्मनि गर्भस्य श्वेतकर्णं प्रजेश्वरम् ॥ अन्वगच्छद्धृतं पूर्वैर्महाप्रस्थानमच्युतम् ॥ ८ ॥ सा दृष्ट्वा सम्प्रयातं तं मालिनी पृष्ठतोऽन्वगात् ॥ पथि
सा सुषुवे सुभ्रूर्वने राजीवलोचनम् ॥ ९ ॥ कुमारं तं परित्यज्य भर्तारं चान्वगच्छत ॥ पतिव्रता महाभागा द्रौपदीव पुरा पतीन् ॥ १० ॥ स तु
राजकुमारोऽसौ गिरिकुञ्जे रुरोद ह ॥ छायार्थं तस्य मेघास्तु प्रादुरासन्समन्ततः ॥ ११ ॥ श्रविष्ठायाश्च पुत्रौ द्वौ पिप्पलादश्च कौशिकः ॥
दृष्ट्वा कृपान्वितौ गृह्य तं प्रक्षालयतां जलैः ॥ निघृष्टौ तस्य तौ पार्श्वौ शिलायां रुधिराप्लुतौ ॥ १२ ॥ अजश्यामौ तु पार्श्वौ तावुभावपि समा-

था और विपुल दक्षिणा देकर यज्ञ करता था ॥ ५ ॥ उसका भ्राता श्वेतकर्ण भी महाबली, परम पराक्रमी और धर्मात्मा था। उसके कोई पुत्र नहीं था। इस कारण वह अपनी पत्नी बहु-भ्रातृवती तथा सुचारुपुत्री मालिनीको साथ लेकर वनमें चला गया ॥ ६ ॥ कुछ ही समय बाद वनमें यदुवंशोद्भवा मालिनी गर्भवती हो गयी ॥ ७ ॥ गर्भोदय होते ही श्वेतकर्ण पूर्व-पुरुषोचित महाप्रस्थानका पथिक वन गया ॥ ८ ॥ अपने पतिको जाते देखकर परम पतिव्रता मालिनीने भी उसका अनुसरण किया। कुछ दूर जाते-जाते मध्यमार्गमें ही उसने एक कमल जैसे नयनोंवाले सुन्दर पुत्रका प्रसव किया। किन्तु उस पुत्रको वहीं छोड़कर वह अपने पतिके पीछे-पीछे चली गयी। जैसे पूर्वकालमें द्रौपदीने अपने पतियोंका अनुसरण किया ॥९॥१०॥ इधर उस राजकुमारने गिरिकुञ्जमें रोना आरम्भ किया। उसी समय उसकी छायाके लिए चारों ओरसे बादल घिर आये ॥ ११ ॥ कुछ ही क्षणों बाद श्रविष्ठाके दो पुत्र पिप्पलाद तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कौशिक वहाँ जा पहुँचे। उस बालकको देखते ही उनको दया आ गयी और उसे उठाकर उसका अङ्ग-प्रत्यङ्ग भलीभाँति धोया। फिर भी उस बालकके दोनों पार्श्वभाग कुछ रक्ताक्त रह गये। अतएव उन्होंने वहाँ ही उसके दोनों पार्श्वोंको घिसा। उनके ऐसा करनेसे उस बालकके पार्श्व बकरेके समान श्यामवर्ण हो गये। इसी कारण उस बालकका 'अजपार्श्व' नाम पड़ा। पिप्पलाद तथा कौशिक अजपार्श्वको लेकर ऋषिवर वेमकके घर आये और बड़े यत्नके साथ उसका पालन-पोषण करने लगे ॥१२-१४॥ ऋषिपत्नी वेमकी भी उस बालकको अपना ही पुत्र मानकर लालन-पालन करने लगी। इस प्रकार अजपार्श्व वेमकीका पुत्र हो गया और पिप्पलाद तथा कौशिक ये दोनों ब्राह्मण उसके सचिव हुए ॥ १५ ॥ उन तीनोंके पुत्र-पौत्रादि सन्ततियाँ समकालजीविनी हुईं और उन्हींके द्वारा पाण्डवोंके पौरववंशकी प्रतिष्ठा हुई ॥ १६ ॥ पूर्वकालमें महाराज नहुषके पुत्र राजा ययातिने भी जरासंक्रमणके समय परम प्रसन्न होकर इस श्लोकका गान किया था—जबतक सूर्य-चन्द्र आदि ग्रहोंसे परिवेष्टित यह पृथिवी विराजमान रहेगी, तबतक कभी भी पृथिवी पुरुवंशविरहित न होगी ॥ १७ ॥ १८ ॥

हितौ ॥ तथैव तु समारूढौ अजपार्श्वस्ततोऽभवत् ॥ १३ ॥ ततोऽजपार्श्व इति तौ चक्राते तस्य नाम ह ॥ स तु वेमकशालायां द्विजाभ्यामभिवर्धितः ॥ १४ ॥ वेमकस्य तु भार्या तमुद्वहत्पुत्रकारणात् ॥ वेमक्याः स तु पुत्रोऽभूद्ब्राह्मणौ सचिवौ च तौ ॥ १५ ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च युगपत्तुल्यजीविनः ॥ स एष पौरवो वंशः पाण्डवानां प्रतिष्ठितः ॥ १६ ॥ श्लोकोऽपि चात्र गीतोऽयं नाहुषेण ययातिना ॥ जरासंक्रमणे पूर्वं भृशं प्रीतेन धीमता ॥ १७ ॥ आचन्द्रार्कग्रहा भूमिर्भवेदपि न संशयः ॥ अपौरवा न तु मही भविष्यति कदाचन ॥ १८ ॥ इति श्रीमन्महाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

शौनक उवाच ॥ उक्तोऽयं हरिवंशस्ते पर्वाणि निखिलानि च ॥ यथा पुरोक्तानि तथा व्यासशिष्येण धीमता ॥ १ ॥ तत्कथ्यमानममितमितिहाससमन्वितम् ॥ प्रीणात्यस्मानमृतवत्सर्वपापविनाशनम् ॥ २ ॥ सुखश्राव्यतया वीर मनो ह्लादयतीव नः ॥ जनमेजयस्तु नृपतिः श्रुत्वा चाख्यानमुत्तमम् ॥ सौते किमकरोत्पश्चात्सर्पसत्रादनन्तरम् ॥३॥ सौतिरुवाच ॥ जनमेजयस्तु स नृपः श्रुत्वा चाख्यानमुत्तमम् ॥ यदारभत्तदाख्यास्ये सर्पसत्रादनन्तरम् ॥ ४ ॥ तस्मिन्सत्रे समाप्तेऽथ राजा पारीक्षितस्तदा ॥ यष्टुं स वाजिमेधेन सम्भारानुपचक्रमे ॥ ५ ॥ ऋत्विक्पुरोहिताचार्याना-

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

(व्यास-जनमेजयसम्वाद) शौनक बोले—हे वत्स ! पूर्वकालमें व्यासशिष्य श्रीमान् वैशम्पायनने जिस प्रकार समस्त हरिवंशका वृत्तान्त बताया था, उसी प्रकार आपने भी कहा ॥ १ ॥ यह पापनाशन, इतिहाससमन्वित तथा अमृततुल्य हरिवंशवर्णन सुनकर हम अत्यधिक आनन्दित हुए ॥२॥ यहाँतक कि इस आनन्ददायिनी गाथाको सुनकर हमारा चित्त आर्द्र हो गया है। अब हमारी यह जिज्ञासा है कि सर्पयज्ञके बाद राजा जनमेजयने यह इतिहास सुननेके पश्चात् क्या किया ? ॥ ३ ॥ सूतपुत्रने कहा—हे मुनिवर ! सर्पयज्ञके अनन्तर राजा जनमेजयने यह उत्कृष्ट उपाख्यान सुनकर जो कार्य किया, वह बता रहा हूँ। सुनिए—॥ ४ ॥ सर्पयज्ञके पश्चात् राजा जनमेजयने अश्वमेध यज्ञ करनेके विचारसे यज्ञसामग्री

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जुटानेका आदेश दिया ॥५॥ इधर ऋत्विक्, पुरोहित तथा आचार्यको बुलाकर उन्होंने कहा—भगवन्! मैं अश्वमेध यज्ञ करना चाहता हूँ। तदर्थ अश्व छोड़ा जाय ॥६॥ वह कार्यकलाप चल रहा था। उसी समय सर्वज्ञ महर्षि कृष्ण द्वैपायन उनका विचार जानकर राजा जनमेजयसे मिलने आये ॥ ७ ॥ उनके आते ही महाराज उठ खड़े हुए और अर्घ्य, पाद्य तथा आसन देकर उनकी विधिवत् पूजा की ॥ ८ ॥ तदनन्तर जब दोनों यथास्थान बैठ गये तो उन महर्षि व्यास तथा वहाँ उपस्थित सदस्योंमें वेदों और संहिताओंके विषयमें विविध वार्तायें होने लगीं ॥ ९ ॥ अनेक कथोपकथनके पश्चात् राजा जनमेजयने अपने प्रपितामह तथा पाण्डवोंके पितामह उन महर्षिसे कहा—॥ १० ॥ भगवन्! श्रुतिबहुल तथा सर्वार्थपरिपूर्ण महाभारत इतिहासको मैंने पूरे वर्षभर सुना, किन्तु कथानक आनन्ददायक होनेके कारण वह संवत्सर एक निमेषके समान व्यतीत हो गया ॥११॥ दुग्धपरिपूरित शंखके समान आपने यह ऐश्वर्य-

हूयेदमुवाच ह ॥ यक्ष्येऽहं वाजिमेधेन हय उत्सृज्यतामपि ॥ ६ ॥ ततोऽस्य विज्ञाय चिकीर्षितं तदा कृष्णो महात्मा सहसाऽऽजगाम ॥ पारीक्षितं द्रष्टुमदीनसत्त्वं द्वैपायनः सर्वपरावरज्ञः ॥ ७ ॥ पारीक्षितस्तु नृपतिर्दृष्ट्वा तमृषिमागतम् ॥ अर्घ्यपाद्यासनं दत्त्वा पूजयामास शास्त्रतः ॥ ८ ॥ तौ चोपविष्टावभितः सदस्यास्तस्य शौनक ॥ कथा बहुविधाश्चित्राश्चक्राते देवसंहिताः ॥ ९ ॥ ततः कथान्ते नृपतिर्नोदयामास तं मुनिम् ॥ पितामहं पाण्डवानामात्मनः प्रपितामहम् ॥ १० ॥ महाभारतमाख्यानं बह्वर्थं श्रुतिविस्तरम् ॥ निमेषमात्रमपि मे सुखश्राव्यतया गतम् ॥ ११ ॥ विभूति-विस्तरकरं सर्वेषां वै यशस्करम् ॥ त्वया सुविहितं ब्रह्मञ्शङ्खे क्षीरमिवाहितम् ॥ १२ ॥ अमृतेन तु तृप्तिः स्याद्यथा स्वर्गसुखेन च ॥ तथा तृप्तिं न गच्छामि श्रुत्वेमां भारतीं कथाम् ॥ १३ ॥ अनुमान्य तु सर्वज्ञं पृच्छामि भगवन्नहम् ॥ हेतुः कुरूणां नाशस्य राजसूयो मतो मम ॥ १४ ॥ दुःस-हानां यथा ध्वंसो राजन्यानामुपप्लवे ॥ राजसूयं तथा मन्ये युद्धार्थमुपकल्पितम् ॥ १५ ॥ राजसूयस्तु सोमेन श्रूयते पूर्वमाहृतः ॥ तस्यान्ते सुम-हद्युद्धमभवत्तारकामयम् ॥ १६ ॥ आहृतो वरुणेनाथ तस्यान्ते सुमहाक्रतोः ॥ देवासुरं महायुद्धं सर्वभूतक्षयावहम् ॥ १७ ॥ हरिश्चन्द्रश्च राजर्षिः क्रतुमेनमुपाहरत् ॥ तत्राप्याडीबकं नाम युद्धं क्षत्रियनाशनम् ॥१८॥ ततोऽनन्तरमार्गेण पाण्डवेनातिदुस्तरः ॥ महाभारत आरम्भः सम्भृतोऽग्नि-

विधायक तथा यशस्कर महाभारतकी अति उत्तम रचना की है ॥ १२ ॥ अमृतपान अथवा स्वर्गसुख भोगनेसे जैसे किसीको तृप्ति प्राप्त होती है। उस प्रकार इस महाभारतकी कथाओंको पुनः पुनः सुनकर भी मुझे तृप्ति नहीं होने आ रही है ॥१३॥ आप सर्वज्ञ हैं, अतएव मैं आपसे यह जानना चाहता हूँ कि कुरुकुलके नाशका क्या कारण था। केवल एक राजसूय यज्ञमें ही कितने क्षत्रियोंका विनाश हो गया था। इससे मुझे तो ऐसा लगता है कि उनके विनाशका मूल कारण वह राजसूय यज्ञ ही था ॥ १४ ॥ १५ ॥ मैंने सुना है कि पूर्वकालमें चन्द्रदेवने यह यज्ञ आरम्भ किया था और उसके अन्तमें घोरतर तारकामय संग्राम होने लगा था ॥१६॥ उसके बाद वरुणदेवने राजसूय यज्ञका अनुष्ठान किया। सो उसके अन्तमें सर्वप्राणिविनाशक देवासुरसंग्राम हुआ था ॥ १७ ॥ राजर्षि हरिश्चन्द्रने भी यह महायज्ञ किया था। उसमें वसिष्ठके आडो एवं विश्वामित्रके बकपक्षीका रूप धारण करनेपर जो क्षत्रियविनाशक घोरतर युद्ध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपस्थित हुआ था, उसमें भी यह राजसूय यज्ञ ही मुख्य कारण था ॥१८॥ अतएव मुझे तो ऐसा लगता है कि महाराज युधिष्ठिरका राजसूय यज्ञ ही महाभारत-युद्धका कारण रहा होगा ॥ १९ ॥ आप मेरे पुरातन पुरुषोंके पितामह हैं। विशेष करके आप सर्वज्ञ और हमारे आदिपुरुष हैं। आप जानते थे कि इस समय सर्वाङ्गसुन्दर राजसूय यज्ञ पूर्ण करना अति दुष्कर कार्य है और उसके सर्वाङ्ग शुद्ध न होनेपर प्रजानाशका संकट उपस्थित होगा। तब आपने इस लोकक्षयकारी तथा तुमुल संग्रामके मूल कारणस्वरूप यज्ञको रोका क्यों नहीं ? ॥ २०–२२ ॥ कुमन्त्रियोंके अधीन हो जानेपर राजा दूषित हो जाता है, किन्तु उनके नेता होते हुए भी आपने उन्हें नीतिमार्गसे क्यों विचलित होने दिया ? क्योंकि बुरे नेताओंके फेरमें पड़े अनाथ लोग अपराध करते हैं ॥ २३ ॥ वेदव्यास बोले—हे तात ! तुम्हारे पूर्वपितामहगण कालवश ही कुमार्गगामी हो गये थे। उन्होंने भविष्यके विषयमें कभी कुछ नहीं पूछा और बिना पूछे मैं किसीसे कुछ नहीं कहता ॥ २४ ॥ और फिर भवितव्यका निवारण करनेकी शक्ति भी मुझमें नहीं थी। क्योंकि कालकी गति अपरिहार्य होती है

रिव क्रतुः ॥ १९ ॥ तदस्य मूलं युद्धस्य लोकक्षयकरस्य तु ॥ राजसूयो महायज्ञः किमर्थं न निवारितः ॥ २० ॥ राजसूयो ह्यसंहार्यो यज्ञाङ्गैश्च दुरत्ययैः ॥ मिथ्या प्रणीते यज्ञाङ्गे प्रजानां संक्षयो ध्रुवः ॥२१॥ भवानपि च सर्वेषां पूर्वेषां नः पितामहः ॥ अतीतानागतज्ञश्च नाथश्चादिकरश्च नः ॥ २२ ॥ ते कथं भवता नेत्रा बुद्धिमन्तश्च्युता नयात् ॥ अनाथा ह्यपराध्यन्ते कुनेतारश्च मानवाः ॥ २३ ॥ व्यास उवाच ॥ कालेन विपरीतास्ते तव पूर्वपितामहाः ॥ न मां भविष्यं पृच्छन्ति न चापृष्टो ब्रवीम्यहम् ॥ २४ ॥ सामर्थ्यं च न पश्यामि भविष्यस्य निवर्तने ॥ परिहर्तुं न शक्या हि कालेन विहिता गतिः ॥ २५ ॥ त्वया त्विदमहं पृष्टो वक्ष्याम्यागन्तु भावि यत् ॥ अवश्यं बलवान्कालः श्रुत्वाऽपि न करिष्यसि ॥ २६ ॥ न संरम्भान्न चारम्भान्न वै स्थास्यसि पौरुषे ॥ लेखा हि काललिखिताः सर्वथा दुरतिक्रमाः ॥ २७ ॥ अश्वमेधः क्रतुश्रेष्ठः क्षत्रियाणां परिश्रुतः ॥ तेन भावेन ते यज्ञं वासवो धर्षयिष्यति ॥ २८ ॥ यदि तच्छक्यते राजन्परिहर्तुं कथंचन ॥ दैवं पुरुषकारेण मा यजेथाश्च तं क्रतुम् ॥ २९ ॥ न चापराधः शक्रस्य नोपाध्यायगणस्य ते ॥ न च वा यजमानस्य कालोऽत्र दुरतिक्रमः ॥ ३० ॥ तस्य संस्थाकृतमिदं कालस्य परमेष्ठिनः ॥ यथादृष्टं प्रजासर्गं गमिष्यति युगक्षये ॥ ३१ ॥ तथा यज्ञफलानां च विक्रेतारो द्विजातयः ॥ यत्प्रणेयं निबोधस्व त्रैलोक्यं सचराचरम् ॥ ३२ ॥ जनमेजय

॥ २५ ॥ इस समय तुम मुझसे जिज्ञासा कर रहे हो तो अब मैं भी भविष्यके विषयमें तुम्हें सब कुछ बता सकता हूँ, किन्तु सब जान-समझकर भी तुम मेरे बताये पथपर नहीं चल सकोगे ॥२६॥ क्योंकि काल भय अथवा उत्साहके अधीन नहीं रहता और काललिपि अखण्डनीय होती है। वह किसी भी तरह नहीं मिटती ॥२७॥ क्षत्रियोंके लिए अश्वमेध यज्ञ श्रेष्ठतम कहा जाता है। किन्तु देवराज इन्द्र तुम्हारे यज्ञमें विघ्न डालेंगे ॥ २८ ॥ यदि पुरुषार्थके बलसे किसी तरह दैवका अतिक्रमण किया जा सकता हो, फिर भी तुम्हें यज्ञ नहीं करना चाहिए ॥२९॥ तुम्हारे यज्ञके विषयमें इन्द्र, उपाध्यायगण तथा यजमान किसीका कोई अपराध नहीं होगा, बल्कि उसमें कालकी दुरतिक्रम गति ही प्रधान कारण होगा ॥३०॥ कालबलसे यज्ञलोप होगा। इस रूपका विघ्नविधान विधाताने पहलेसे ही कर दिया है। जैसे प्रलयकाल उपस्थित होनेपर पुनः प्रजासृष्टि होना निश्चित रहता है। आगे चलकर ब्राह्मण-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गण यज्ञफलके विक्रेता हो जायँगे । फलतः सचराचर विश्वका समस्त कार्य कालके अधीन रहा करता है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ राजा जनमेजय बोले——भगवन् ! यदि आप अश्वमेध यज्ञमें आनेवाले विघ्नका कारण बता दें तो मैं उसके परिहारका कोई उपाय करूँ ॥ ३३ ॥ वेदव्यासने कहा——हे तात ! एकमात्र ब्रह्मकोप ही यज्ञनिवृत्तिका कारण होता है । अतएव तुम उस ब्रह्मकोपरूपी अग्निको शान्त करनेका यत्न करो । ऐसा करनेसे तुम्हारा कल्याण होगा ॥ ३४ ॥ तुम जिस अश्वमेध यज्ञका आरम्भ कर रहे हो, उसे जबतक पृथिवी रहेगी तबतक कोई भी क्षत्रिय पूर्ण न कर सकेगा ॥ ३५ ॥ जनमेजय बोले——मुनिवर ! जिस ब्रह्मकोपानलमें अश्वमेध यज्ञकी समाप्ति हो जाती है, उसका कारण मैं ही बन गया । यह सोचकर मुझे बड़ा भय लगता है ॥ ३६ ॥ क्योंकि मेरे जैसा पुण्यात्मा मनुष्य इस प्रकार कलङ्कित होकर जालबद्ध पक्षीकी तरह परलोकगमनका साहस कैसे करेगा ? ॥ ७ ॥ अतएव अश्वमेध यज्ञ अनुष्ठानके विषयमें आपने जैसे आनेवाले विघ्नोंका दिग्दर्शन किया है, उसी प्रकार यदि उसकी पुनः प्रतिष्ठाका कोई उपाय हो तो मुझे बताइए ॥ ३८ ॥ वेदव्यासने कहा–हे तात !

उवाच ॥ निवृत्तावश्वमेधस्य किं निमित्तं भविष्यति ॥ श्रुत्वा परिहरिष्यामि भगवन् यदि मन्यसे ॥ ३३ ॥ व्यास उवाच ॥ निमित्तं भविता तत्र ब्रह्मकोपकृतं प्रभो ॥ यतेथाः परिहर्तुं त्वमित्येतद्भद्रमस्तु ते ॥ ३४ ॥ त्वया वृत्तं क्रतुं चैव वाजिमेधं परंतप ॥ क्षत्रिया नाहरिष्यन्ति यावद्भूमिर्धरिष्यति ॥३५॥ जनमेजय उवाच ॥ निवृत्तावाश्वमेधस्य ब्रह्मशापाग्नितेजसा ॥ अहं निमित्तमिति मे भयं तीव्रं तु जायते ॥३६॥ कथं ह्यकीर्त्या युज्येत सुकृती मद्विधो जनः ॥ लोकानुत्सहते गन्तुं खं सपाश इव द्विजः ॥ ३७ ॥ यथा ह्यनागतमिदं दृष्टमत्र प्रणाशनम् ॥ यद्यस्ति पुनरावृत्तिर्यज्ञस्याश्वासयस्व माम् ॥ ३८ ॥ व्यास उवाच ॥ उपात्तयज्ञो देवेषु ब्राह्मणेषूपपत्स्यते ॥ तेजसा व्याहृतं तेजस्तेजस्येवावतिष्ठते ॥ ३९ ॥ औद्भिज्जो भविता कश्चित्सेनानीः काश्यपो द्विजः ॥ अश्वमेधं कलियुगे पुनः प्रत्याहरिष्यति ॥ ४० ॥ तद्युगे तत्कुलीनश्च राजसूयमपि क्रतुम् ॥ आहरिष्यति राजेन्द्र श्वेतग्रहमिवान्तकः ॥ ४१ ॥ यथा बलं मनुष्याणां कर्तॄणां दास्यते फलम् ॥ युगान्तद्वारमृषिभिः संवृतं विचरिष्यति ॥ ४२ ॥ तदाप्रभृति ह्रास्यन्ति नृणां प्राणाः पुराकृतीः ॥ न निर्वर्तिष्यते लोके वृत्तान्तावर्तनेष्विह ॥ ४३ ॥ तदा सूक्ष्मो महोदर्को दुस्तरो दानमूलवान् ॥ चतुराश्रम्यशिथिलो धर्मः प्रविचलिष्यति ॥ ४४ ॥ तदा ह्यल्पेन तपसा सिद्धिं प्राप्स्यन्ति मानवाः ॥ धन्या धर्मं चरिष्यन्ति युगान्ते जनमेजय ॥ ४५ ॥

जैसे तेज तेजसे प्रतिहत होकर तेजमें ही विलीन हो जाता है, उसी प्रकार अश्वमेध यज्ञका अन्त हो जानेपर वह देवताओं तथा ब्राह्मणोंमें ही ज्ञानरूपसे विद्यमान रहेगा ॥ ३९ ॥ आगे चलकर कलियुगमें भूगर्भसे कश्यपवंशज जो सेनानी योगी उत्पन्न होगा, वही पुनः संसारमें अश्वमेध यज्ञकी अवतारणा करेगा ॥ ४० ॥ तदनन्तर प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जिस प्रकार पुनः औत्पातिक श्वेतग्रहका आविर्भाव हो जाता है, उसी प्रकार उसी योगीके वंशमें उत्पन्न कोई महात्मा अश्वमेध यज्ञका फिरसे प्रसार करेगा ॥ ४१ ॥ उस समय जो लोग यह यज्ञ करेंगे, वे अनायास अपनी श्रद्धाके अनुरूप फल प्राप्तकरके ऋषिसंगोपित युगान्तके द्वारपर विचरण करेंगे ॥ ४२ ॥ उस समय इन्द्रियाँ मनुष्योंकी पूर्वप्रकृतिका परित्याग कर देंगी और मानवसमाज आचारभ्रष्ट हो जायगा ॥ ४३ ॥ दानमूलक धर्माचरण दुष्कर हो जायगा, किन्तु उन दिनों अति सामान्य धर्माचरणसे ही बहुत बड़ा फल मिल जायगा । उस समय चारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आश्रमोंका धर्म शिथिल पड़ जायगा और मनुष्य अति साधारण तपश्चरण करके ही सिद्धि प्राप्त कर लेंगे। अतएव हे जनमेजय! उस युगान्तके समय जो लोग कुछ भी धर्मानुष्ठान करनेमें समर्थ होंगे, वे धन्य माने जायँगे ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

(भविष्यवर्णन) जनमेजय बोले—हे द्विजवर! मोक्षलाभका समय समीप है अथवा दूर, यह मैं कुछ नहीं जानता। केवल इतना मालूम है कि अल्प प्रयाससे ही बहुतसा पुण्य प्राप्त हो जायगा, इसी लोभसे मैंने कलियुगमें जन्म लिया है ॥ १ ॥ २ ॥ शौनक बोले—हे धर्मज्ञ! इस समय प्रजाजनोंके मनमें उद्वेग उत्पन्न करनेवाला धर्मनाशक कलियुग उपस्थित है। अतएव कृपया आप हमें कलियुगका ही वृत्तान्त बताइए ॥ ३ ॥ सौति कहने लगे—हे कुलपते! राजा जनमेजयके इस प्रकार भविष्यतत्त्वविषयक जिज्ञासा करनेपर भगवान वेदव्यास बोले—हे तात! कलियुगके राजे अपनी इन्द्रियोंके दास बनकर प्रजारक्षण तथा यज्ञ-यागादि सत्कर्मोंसे पराङ्मुख हो जायँगे। वास्तविक क्षत्रियोंका राजसिंहासनपर अधिकार

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

जनमेजय उवाच ॥ आसन्नं विप्रकृष्टं वा यदि कालं न विद्महे ॥ तस्माद्द्वापरसंविद्धं युगान्तं स्पृहयाम्यहम् ॥ १ ॥ प्राप्ता वयं तु तत्काल-
मनया धर्मतृष्णया ॥ आदद्यात्परमं धर्मं सुखमल्पेन कर्मणा ॥ २ ॥ शौनक उवाच ॥ त्रासमुद्वेगकरणं युगान्तं समुपस्थितम् ॥ प्रनष्टधर्मं धर्मज्ञ
निमित्तैर्वक्तुमर्हसि ॥ ३ ॥ सौतिरुवाच ॥ पृष्ट एवं भविष्यस्य गतिं तत्त्वेन चिन्तयन् ॥ युगान्ते सर्वभूतानां भगवानब्रवीत्तदा ॥ ४ ॥ व्यास
उवाच ॥ अरक्षितारो हर्तारो बलिभागस्य पार्थिवाः ॥ युगान्ते प्रभविष्यन्ति स्वरक्षणपरायणाः ॥ ५ ॥ अक्षत्रियाश्च राजानो विप्राः शूद्रोप-
जीविनः ॥ शूद्राश्च ब्राह्मणाचारा भविष्यन्ति युगक्षये ॥ ६ ॥ काण्डे स्पृष्टाः श्रोत्रियाश्च निष्क्रियाणि हवींष्यथ ॥ एकपंक्त्यामशिष्यंति युगान्ते
जनमेजय ॥ ७ ॥ शिल्पवन्तोऽनृतपरा नरा मद्यामिषप्रियाः ॥ मित्रभार्या भविष्यन्ति युगान्ते जनमेजय ॥ ८ ॥ राजवृत्तिस्थिताश्चौरा राजानश्चौर-
शीलिनः ॥ भृत्याश्चानिदिष्टभुजो भविष्यन्ति युगक्षये ॥ ९ ॥ धनानि श्लाघनीयानि सतां वृत्तमपूजितम् ॥ अकुत्सना च पतिते भविष्यन्ति युगक्षये
॥ १० ॥ प्रणष्टचेतना मर्त्या मुक्तकेशा विचूलिनः ॥ ऊनषोडशवर्षाश्च प्रजास्यन्ति नरास्तदा ॥ ११ ॥ अट्टशूला जनपदाः शिवशूलाश्चतुष्पथाः ॥

नहीं रहेगा। ब्राह्मण शूद्रोंकी जीविका अपनायेंगे और शूद्र ब्राह्मणोंका आचार-विचार ग्रहण करेंगे ॥ ४–६ ॥ ब्राह्मण धनुष-बाण धारण करके क्षत्रियवृत्ति स्वीकार करेंगे। हवि पंचयज्ञहीन हो जायगी। पंक्तिभेदका नाम भी न रहेगा और सब लोग एक साथ बैठकर भोजन करेंगे ॥ ७ ॥ शिल्पजीवी लोग झूठ बोलेंगे और मनुष्यमात्र मद्य-मांसप्रिय हो जायँगे। कलियुगमें लोग मित्रकी स्त्रीके साथ सम्भोग करनेमें कुछ भी संकोचका अनुभव न करेंगे ॥ ८ ॥ उस समयके राजे चौरवृत्तिपरायण हो जायँगे और चोर राजा बन बैठेंगे। भृत्य अपने स्वामीसे होड़ करते हुए उसका सर्वस्व डकार जानेका उद्योग करेंगे ॥ ९ ॥ उस समय धनकी ही पूजा होगी और सज्जन पुरुष घृणाकी दृष्टिसे देखे जायँगे। पतित व्यक्तियोंकी कहीं तनिक भी निन्दा नहीं होगी ॥ १० ॥ मनुष्यमात्र धर्मज्ञानसे हीन हो जायँगे। विधवायें और संन्यासी मिलकर सन्तान उत्पन्न करेंगे। उस युगमें मनुष्योंकी आयु सोलह वर्षसे भी कम होगी ॥ ११ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सभी जनपदनिवासी अन्नविक्रयी होंगे और ब्राह्मण वेदविक्रय करेंगे । स्त्रियाँ योनिविक्रय करेंगी ॥ १२ ॥ पामर जनोंसे लेकर साधारण लोगतक ब्रह्मवादके बहाने कर्मभ्रष्ट हो जायँगे । सभी लोग वाजसनेयी अर्थात् वेदत्रयसाध्य यज्ञादि कर्मोंसे पृथक् हो जायँगे । शूद्रगण सम्मानसूचक 'भो' इस शब्दप्रयोगके पात्र हो जायँगे ॥ १३ ॥ कलियुगमें ब्राह्मण तपस्या तथा यज्ञोंके फल बेचेंगे और छहों ऋतुयें समय त्यागकर प्रवर्तित होंगी ॥ १४ ॥ शूद्रगण मद्य-मांस त्यागकर श्वेतदन्त होते हुए सूक्ष्मदर्शी, मुण्डितमुण्ड तथा काषायवेशधारी होकर जैन तथा बौद्धमत अर्थात् वेदविदूषक नास्तिकमत अवलम्बनपूर्वक धर्माचरण करेंगे ॥ १५ ॥ पृथिवीपर क्रमशः हिंस्र जीवोंकी अधिकता हो जायगी और गौओंकी संख्याका ह्रास हो जायगा। सभी वस्तुओंका स्वाद घट जायगा ॥१६॥ उस समय म्लेच्छगण मध्यदेशमें और मध्यदेशनिवासी लोग म्लेच्छदेशमें जाकर रहने लगेंगे। अन्यान्य प्रजाजन भी नीचपथगामी हो जायँगे ॥ १७ ॥ हल खींचनेवाले बैल अशक्त हो जायँगे । मेघ ऐसे आश्चर्यजनक ढंगसे वर्षा करेंगे कि बैलकी एक सींग भीगेगी और दूसरी सूखी ही रह जायगी ॥ १८ ॥ संसारके सभी लोग

प्रमदाः केशशूलाश्च भविष्यंति युगक्षये ॥ १२ ॥ सर्वे ब्रह्म वदिष्यन्ति सर्वे वाजसनेयिनः ॥ शूद्रा भोवादिनश्चैव भविष्यन्ति युगक्षये ॥ १३ ॥ तपोयज्ञफलानां च विक्रतारो द्विजातयः ॥ ऋतवश्च भविष्यन्ति विपरीता युगक्षये ॥ १४ ॥ शुक्लदन्ता जिताक्षाश्च मुण्डाः काषायवाससः ॥ शूद्रा धर्मं चरिष्यन्ति शाक्यबुद्धोपजीविनः ॥ १५ ॥ श्वापदप्रचुरत्वं च गवां चैव परिक्षयः ॥ स्वादूनां विनिवृत्तिश्च विद्यादन्तगते युगे ॥ १६ ॥ अन्त्या मध्ये निवत्स्यन्ति मध्याश्चान्तनिवासिनः ॥ तथा निम्नं प्रजाः सर्वा गमिष्यन्ति युगक्षये ॥ १७ ॥ तथा द्विहायना दम्यास्तथा पल्वल-कर्षकाः ॥ चित्रवर्षी च पर्जन्यो युगे क्षीणे भविष्यति ॥ १८ ॥ सर्वे चौरकुले जाताश्चौरयानाः परस्परम् ॥ स्वल्पेनाढ्या भविष्यन्ति यत्किञ्चित्प्राप्य दुर्गताः ॥ १९ ॥ न ते धर्मं करिष्यन्ति मानवा निर्गते युगे ॥ ऊषार्कबहुला भूमिः पन्थानस्तस्करावृताः ॥ २० ॥ सर्वे वाणिज्यकाश्चैव भवि-ष्यन्ति कलौ युगे ॥ पितृदत्तानि देयानि विभजन्ते सुतास्तदा ॥ हरणाय प्रपत्स्यन्ते लोभानृतविरोधिताः ॥ २१ ॥ सौकुमार्ये तथा रूपे रत्ने चोपक्षयं गते ॥ भविष्यन्ति युगान्ते च नार्यः केशैरलंकृताः ॥ २२ ॥ निर्विहारस्य भूतस्य गृहस्थस्य भविष्यति ॥ युगान्ते समनुप्राप्ते नान्या भार्यासमा गतिः ॥ २३ ॥ कुशीलानार्यभूयिष्ठं वृथारूपसमन्वितम् ॥ पुरुषाल्पं बहुस्त्रीकं तद्युगान्तस्य लक्षणम् ॥ २४ ॥ बहुयाचनको लोको न

चोर बनकर परस्पर एक दूसरेके धनका अपहरण करते हुए अल्प आयाससे ही धनाढ्य बन जायँगे और किसी व्यसनमें फँसकर विविध प्रकारकी दुर्गति भोगेंगे ॥१९॥ कलियुगमें लोग धर्मका परित्याग कर देंगे । भूमि ऊसर और नीरस हो जायगी । मार्गमें चोर लगेंगे ॥ २० ॥ कलियुगमें वाणिज्यवृत्तिके सिवाय जीवनयापनका और कोई साधन नहीं रहेगा । यद्यपि पिता द्वारा जुटाये हुए अलंकार शास्त्रोंकी दृष्टिसे अविभाज्य होते हैं, फिर भी इस युगके पुत्र उसे परस्पर बाँट लेंगे । सब लोग लोभके अधीन होकर झूठ बोलते हुए परस्पर एक दूसरेका धन दबा बैठेंगे ॥२१॥ सुकुमारता, रूप तथा रत्नका सम्पर्क लुप्त हो जायगा और स्त्रियाँ केवल केशविन्यास करके ही अपनेको अलंकृत समझेंगी ॥२२॥ माला, चन्दन और उत्कृष्ट वस्त्रा-भरणका उपयोग सर्वथा समाप्त हो जायगा । स्त्रीके सिवाय लोगोंको उपभोगकी कोई भी अन्य सामग्री नहीं जँचेगी ॥ २३ ॥ समस्त पृथिवी वृथारूपगर्विता एवं दुश्चरित्रा नारियोंसे भर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जायगी । कलियुगमें पुरुषोंकी संख्या घट जायगी और स्त्रियाँ अधिक हो जायँगी ॥ २४ ॥ लोग बड़े परिश्रमके साथ भिक्षा माँगेंगे, किन्तु कोई किसीको कुछ नहीं देगा । ब्राह्मण लोग बिना विचारे सभी वर्णोंका दान लेते फिरेंगे ॥ २५ ॥ संसारकी समस्त प्रजा राजदण्ड, चोरदण्ड और अग्निदण्डसे नितान्त दुखी होकर विनष्ट हो जायगी । खेतोंमें बोया हुआ बीज भी नष्ट हो जायगा । तरुण पुरुष वृद्ध जैसे दीखेंगे । विविध आकांक्षाओंके कारण लोग सदा दुखी रहेंगे ॥ २६ ॥ वर्षा ऋतुमें बड़ी भयानक वायु बहेगी और उसके साथ छर्रियाँ उड़ने लगेंगी । परलोकमें लोगोंका सन्देह बढ़ जायगा ॥ २७ ॥ स्वयं दुराचारी होते हुए भी लोग ब्राह्मणोंके दोष देखेंगे और ऐसा करके लोग अपनेको महान् समझेंगे । ब्राह्मणोंमें केवल क्रोधमात्रकी निपुणता शेष रह जायगी ॥२८॥ क्षत्रियगण वैश्योंके समान धन-धान्यका क्रय-विक्रय करके जीवनयापन करेंगे । ब्राह्मणगण धर्ममर्यादाका उल्लङ्घन करेंगे ॥ २९ ॥ अनावश्यक होनेपर भी लोग प्रतिज्ञा करेंगे और शपथ लेंगे । नीच प्रकृतिवालोंकी बात तो दूर रही, उच्च कहलानेवाले लोग भी ऋण लेकर उसे हड़प जायँगे ॥ ३० ॥ कलियुगमें हर्षित लोगोंके

दास्यति परस्परम् ॥ अविचार्य ग्रहीष्यन्ति दानं वर्णान्तरात्तथा ॥ २५ ॥ राजचौराग्निदण्डार्तो जनः क्षयमुपैष्यति ॥ सस्यनिष्पत्तिरफला तरुणा वृद्धशीलिनः ॥ ईहयाऽसुखिनो लोका भविष्यन्ति युगक्षये ॥ २६ ॥ वर्षासु वाताः परुषा नीचाः शर्करवर्षिणः ॥ संदिग्धः परलोकश्च भविष्यति युगक्षये ॥ २७ ॥ आत्मनश्च दुराचारा ब्रह्मदूषणतत्पराः ॥ आत्मानं बहु मन्यन्ते मन्युरेवाभ्ययाद्द्विजान् ॥ २८ ॥ वैश्याचाराश्च राजन्या धनधान्योपजीविनः ॥ युगापक्रमणे सर्वे भविष्यन्ति द्विजातयः ॥ २९ ॥ अप्रवृत्ताः प्रपत्स्यन्ते समयाः शपथास्तथा ॥ ऋणं सविनयभ्रंशं युगे क्षीणे भविष्यति ॥ ३० ॥ भविष्यत्यफलो हर्षः क्रोधश्च सफलो नृणाम् ॥ अजाश्चैवोपरोत्स्यन्ते पयसोऽर्थे युगक्षये ॥ ३१ ॥ अशास्त्रविदुषां पुंसामेवमेव स्वभावतः ॥ अप्रमाणं वदिष्यन्ति नीतिं पण्डितमानिनः ॥ ३२ ॥ शास्त्रोक्तस्याप्रवक्तारो भविष्यन्ति युगक्षये ॥ सर्वे सर्वं हि जानन्ति वृद्धाननुपसेव्य वै ॥ ३३ ॥ न कश्चिदकविर्नाम युगान्ते समुपस्थिते ॥ न क्षत्राणि नियोक्ष्यन्ति विकर्मस्था द्विजातयः ॥ चौरप्रायाश्च राजानो युगान्ते पर्युपस्थिते ॥ ३४ ॥ कुण्डाश्वृषा नैकृतिकाः सुरापा ब्रह्मवादिनः ॥ अश्वमेधेन यक्ष्यन्ति युगान्ते जनमेजय ॥ ३५ ॥ अयाज्यान् याजयिष्यन्ति तथाऽभक्ष्यस्य भक्षिणः ॥ ब्राह्मणा धनतृष्णार्ता युगान्ते समुपस्थिते ॥ ३६ ॥ भोशब्दमभिधास्यन्ति न च कश्चित्पठिष्यति ॥ एकशङ्खास्तदा

कार्य नष्ट हो जायँगे और क्रोधियोंका काम बन जाया करेगा । गोधनके अभाववश लोग दुग्धप्राप्तिके निमित्त बकरियाँ पालेंगे ॥ ३१ ॥ शासनज्ञानहीन मूर्खोंके इच्छानुसार शास्त्रके अर्थका उल्लेख होगा और वृद्धजनोंसे उपदेश प्राप्त किये बिना ही लोग अपनेको सर्वज्ञ तथा विज्ञ समझने लगेंगे ॥३२॥३३॥ कलियुगमें कोई भी मनुष्य अकवि न रह जायगा । धर्मभ्रष्ट ब्राह्मणगण क्षत्रियोंको धर्मपथपर नहीं लायेंगे । अतएव इस युगके राजे तस्करवृत्तिपरायण हो जायँगे ॥३४॥ यद्यपि ठग, सुरासेवी, ब्रह्मवादी एवं जारजा कन्याका पाणिग्रहण करनेवालेको यज्ञ करनेका अधिकार नहीं है, किन्तु ऐसे अनधिकारी दम्पति ही अश्वमेध यज्ञका अनुष्ठान करेंगे ॥३५॥ ब्राह्मणगण धनके लोभवश अभक्ष्यभोजी तथा यज्ञके अनधिकारी लोगोंसे यज्ञ करायेंगे ॥ ३६ ॥ ऐसी नीच प्रकृतिके लोगोंको वे 'भो' आदि सुसम्मानित शब्दोंसे अलंकृत करेंगे, किन्तु वे नीच विप्र वेदों और शास्त्रोंका अध्ययन नहीं करेंगे । स्त्रियाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गवेधुक (कौड़िल्ला) का अलंकार तथा सोहागके लिए शंखकी केवल एक चूड़ी पहनेंगी ॥ ३७ ॥ नक्षत्रोंका ग्रहसंयोग विच्छिन्न हो जायगा और दिशाओंके भाव विपरीत हो जायँगे। पद-पदपर डाढ़ा लगेगा। पुत्र पितासे और स्त्रियाँ अपनी साससे काम लेंगी। गुरुके प्रति शिष्यका गर्जन-तर्जन भीषण हो उठेगा। लोग मनमाने ढंगसे विभिन्न वर्णकी स्त्रियोंके साथ सम्भोग करेंगे और मदमत्त होकर वे अपने दुष्कर्मोंकी सराहेंगे ॥ ३८-४० ॥ अग्निहोत्रोगण बलि तथा भिक्षादानके पहले ही भोजन करेंगे ॥ ४१ ॥ स्त्रियाँ सोते हुए पतिको धोखा देकर अन्य पुरुषके साथ रमण करने चली जाया करेंगी। उसी प्रकार पुरुष भी अपनी सोती हुई स्त्रीको छोड़कर परस्त्रीके साथ सम्भोग करेंगे ॥ ४२ ॥ कलियुगमें कोई मनुष्य नीरोग तथा मनःपीडासे मुक्त न रहेगा। सभी लोग परस्पर विद्वेषी हो जायँगे और कोई भी प्राणी किसीके उपकारके बदले प्रत्युपकार न करेगा ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

नार्यो गवेधुकपिनद्धकाः ॥ ३७ ॥ नक्षत्राणि वियोगीनि विपरीता दिशस्तथा ॥ सन्ध्यारागोऽथ दिग्दाहो भविष्यत्यवरे युगे ॥ ३८ ॥ पितॄन्पुत्रा नियोक्ष्यन्ति वध्वः श्वश्रूश्च कर्मसु ॥ वियोनिषु चरिष्यन्ति प्रमदासु नरास्तथा ॥ ३९ ॥ वाक्शरैस्तर्जयिष्यन्ति गुरूञ्छिष्यास्तथैव च ।' मुखेषु च प्रयोक्ष्यन्ति प्रमत्ताश्च नरास्तदा ॥ ४० ॥ अकृताग्राणि भोक्ष्यन्ति नराश्चैवाग्निहोत्रिणः ॥ भिक्षां बलिमदत्त्वा च भोक्ष्यन्ति पुरुषाः स्वयम् ॥ ४१ ॥ पतीन्सुप्तान्वञ्चयित्वा गमिष्यन्ति स्त्रियोऽन्यतः ॥ पुरुषाश्च प्रसुप्तासु भार्यासु च परस्त्रियम् ॥ ४२ ॥ नाव्याधितो नाप्यरुजो जनः सर्वोऽभ्यसूयकः ॥ न कृतिप्रतिकर्ता च युगे क्षीणे भविष्यति ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे कलियुग वर्णने भविष्यपर्वणि तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

जनमेजय उवाच ॥ एवं विलुलिते लोके मनुष्याः केन पालिताः ॥ निवत्स्यन्ति किमाचाराः किमाहारविहारिणः ॥ १ ॥ किंकर्माणः किमीहन्तः किंप्रमाणाः किमायुषः ॥ कां च काष्ठां समासाद्य प्रपत्स्यन्ति कृतं युगम् ॥ २ ॥ व्यास उवाच ॥ अत ऊर्ध्वं च्युते धर्मे गुणहीनाः प्रजास्ततः ॥ शीलव्यसनमासाद्य प्राप्स्यन्ते ह्रासमायुषः ॥ ३ ॥ आयुर्हान्या बलग्लानिर्बलग्लान्या विवर्णता ॥ वैवर्ण्याद्व्याधिसंपीडा निर्वेदो व्याधिपीडनात् ॥ ४ ॥ निर्वेदादात्मसंबोधः संबोधाद्धर्मशीलता ॥ एवं गत्वा परां काष्ठां प्रपत्स्यन्ति कृतं युगम् ॥ ५ ॥ उद्देशतो धर्मशीलाः केचि-

(वेदव्यास द्वारा भूत-भविष्यकी समीक्षा) जनमेजय बोले—भगवन् ! इस युगके बाद कलियुगमें सभी लोग कालवलसे जिस प्रकार कलुषित हो जायँगे, सो सुना। अब यह बताइए कि उनका आहार, व्यवहार, चेष्टा, चरित्र, आकृति, प्रकृति तथा परमायु कैसी होगी ? उनका रक्षणावेक्षण कौन करेगा और फिर कितने दिन बाद सत्ययुगका उदय होगा ? ॥१॥२॥ व्यासजी कहने लगे—हे महाराज ! कलियुगमें अधर्मका संचार हो उठनेपर समस्त प्रजा अधर्मी हो जायगी। अतएव धीरे-धीरे उनकी परमायु भी घट जायगी ॥३॥ आयुका ह्रास होनेसे बल क्षीण होगा और बल क्षीण होनेसे उनका रंग बदल जायगा। वैसी स्थितिमें व्याधिकष्ट बढ़ जायगा। व्याधिपीड़ा बढ़नेसे लोगोंमें निर्वेद उत्पन्न होगा और निर्वेदकी उत्पत्तिसे आत्मतत्त्वका बोध होगा। आत्मतत्त्वका ज्ञान होनेसे पुनः धर्मका संचार होगा। इस प्रकार धर्मका संचार होनेपर ही सत्ययुगका आविर्भाव होगा ॥ ४ ॥ ५ ॥ कुछ लोग किञ्चिन्मात्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धर्मपरायण होकर मध्यस्थ वृत्तिका अवलम्बन करेंगे और कुछ लोग अपनी विवेकशक्तिकी सहायतासे तर्क-वितर्क आरम्भ कर देंगे ॥ ६ ॥ कुछ लोग प्रत्यक्ष और अनुमान इन दो प्रमाणोंमेंसे अनुमानप्रमाणको स्वीकार करेंगे और कुछ लोग प्रत्यक्षके सिवाय और किसी प्रमाणको न मानेंगे ॥ ७ ॥ कितने ही लोग वैदिक मतको सर्वथा त्याग देंगे । स्त्रियोंके केवल मुखमें धर्मकी वार्ता रहेगी, व्यवहारमें नहीं ॥ ८ ॥ उस समय पाण्डित्याभिमानी तथा नास्तिकतापरायण मूढ़ व्यक्ति ही धर्मलोपके मूल कारण होंगे ॥ ९ ॥ उन प्रत्यक्षवादी नास्तिकोंको तनिक भी शास्त्रज्ञान नहीं रहेगा । वे केवल घोर दाम्भिक होकर व्यर्थके तर्कोंसे प्रसन्नता प्रकट करेंगे ॥ १० ॥ इस प्रकार धर्मके समाप्तप्राय हो जानेपर थोड़ेसे लोग धर्मपरायण रह जायँगे, वे ही अपने दयापूर्ण चित्तसे यत्किञ्चित् दान तथा सत्यका सहारा लेंगे ॥ ११ ॥ फलतः जब प्रायः सभी लोग सर्वभक्षी, निर्लज्ज, निर्दय और अजितेन्द्रिय हो जायँगे। जब

न्मध्यस्थतां गतः ॥ विमर्शशीलाः केचित्तु हेतुवादकुतूहलाः ॥ ६ ॥ प्रत्यक्षमनुमानं च प्रमाणं चेति निश्चिताः ॥ प्रमाणैकं करिष्यन्ति नेति पण्डितमानिनः ॥ ७ ॥ अप्रमाणं करिष्यन्ति वेदोक्तमपरे जनाः ॥ तदा मुखभगाश्चैव भविष्यन्ति स्त्रियोऽपराः ॥ ८ ॥ नास्तिक्यपरमाश्चापि केचिद्धर्मविलोपकाः ॥ भविष्यन्ति नरा मूढा मन्दाः पण्डितमानिनः ॥ ९ ॥ तदात्वमात्रे श्रद्धेयाः शास्त्रज्ञानबहिष्कृताः ॥ दाम्भिकास्ते भविष्यन्ति वादशीलकुतूहलाः ॥ १० ॥ तदा विचलिते धर्मे जनाः शेषपुरस्कृताः ॥ शुभान्येवाचरिष्यन्ति दानसत्यसमन्विताः ॥ ११ ॥ सर्वभक्षो ह्यसंगुप्तो निर्गुणो निरपत्रपः ॥ भविष्यति तदा लोकस्तत्कषायस्य लक्षणम् ॥ १२ ॥ विप्राणां शाश्वतीं वृत्तिं यदा वर्णावरा जनाः ॥ प्रतिपत्स्यन्ति वृत्त्यर्थं तत्कषायस्य लक्षणम् ॥ १३ ॥ कषायोपप्लवे लोके ज्ञानविद्याप्रणाशने ॥ सिद्धिं स्वल्पेन कालेन यास्यन्ति निरुपस्कृताः ॥ १४ ॥ महायुद्धं महानादं महावर्षं महाभयम् ॥ भविष्यति युगे क्षीणे तत्कषायस्य लक्षणम् ॥ १५ ॥ विप्ररूपाणि रक्षांसि राजानः कर्णवेदिनः ॥ पृथिवीमुपभोक्ष्यन्ति युगान्ते समुपस्थिते ॥ १६ ॥ निःस्वाध्यायवषट्कारा अनेयाश्चाभिमानिनः ॥ विप्राः क्रव्यादरूपेण सर्वभक्षा वृथाव्रताः ॥ १७ ॥ मूर्खाः स्वार्थपरा लुब्धाः क्षुद्राः क्षुद्रपरिच्छदाः ॥ व्यवहारोपवृत्ताश्च च्युता धर्माच्च शाश्वतात् ॥ १८ ॥ हर्तारः पररत्नानां परदारापहारकाः ॥ कामात्मानो दुरात्मानः सोपधाः प्रियसाहसाः ॥ १९ ॥ तेषु प्रभवमानेषु तुल्यशीलेषु सर्वतः ॥ अभाविनो भविष्यन्ति मुनयो बहुरूपिणः ॥ २० ॥ उत्पन्ना ये

क्षत्रिय आदि अन्य वर्णके लोग ब्राह्मणोंकी भिक्षावृत्ति स्वीकार कर लेंगे, तब संसारमें पापका पूर्णरूपसे उदय होगा ॥ १२ ॥ १३ ॥ उस समय शास्त्रज्ञान तथा आत्माका तत्त्वज्ञान सर्वथा लुप्त हो जायगा । किन्तु सांसारिक वैराग्यके उत्पन्न होते ही लोग अति अल्प प्रयत्नसे सिद्धि प्राप्त कर लेंगे ॥ १४ ॥ जब संसारमें विकट युद्ध, प्रबल आँधी, भयंकर वर्षा और भयानक आतंक उपस्थित होगा, उस समय संसार पूर्णरूपसे दूषित हो जायगा ॥ १५ ॥ उस समय विप्ररूपधारी राक्षस तथा चुगलीकी बातोंसे प्रसन्न होनेवाले राजे इस पृथिवीपर शासन करेंगे ॥१६॥ उस युगमें लोग स्वाध्याय, वषट्कार तथा नीतिका सम्पर्क त्याग देंगे । उस समय लोग उच्छृङ्खल तथा अभिमानी हो जायँगे । राक्षस ब्राह्मणोंका वेश धारण करके सर्वस्व उदरस्थ कर लेंगे ॥१७॥ उन दिनों सभी लोग मूर्ख, स्वार्थी, लोभी, क्षुद्र, नीचवेशधारी, व्यवहारशून्य, परधनहारी, परदारापहारी, कामी, दुरात्मा, छल-कपटपरायण और उग्र साहसी हो जायँगे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १८ ॥ १९ ॥ उस समय, सत्ययुगमें जो ईश्वरभक्त मुनिगण उत्पन्न हुए थे, उनको वे दुरात्मा केवल मुखसे धन्यवाद देंगे, उनके उपदेशोंको कार्यरूपमें परिणत नहीं करेंगे ॥२०॥२१॥ कलियुगमें प्रायः सभी लोग अन्नचोर, वस्त्रचोर और गोबर तकके चोर हो जायँगे। भक्ष्य, भोज्य, उपहार तथा साधारण वस्तुकी भी चोरी करनेमें वे न हिचकेंगे ॥ २२ ॥ यहाँ तक कि चोर भी चोरोंसे अपनी वस्तु नहीं बचा सकेंगे। इस प्रकार जब तस्करों द्वारा तस्करोंका नाश होने लगेगा, तब संसारका कुछ उपकार होता दिखाई देगा ॥२३॥ जब कि धन, सन्ध्या-वन्दनादि कृत्य और वर्णभेद कुछ भी शेष न रह जायगा, तब संसारके सबलोग करभारसे पीडित होकर नगरोंसे वनोंमें चले जायँगे और वहाँ ही रहने लगेंगे ॥ २४ ॥ पुत्र पितापर और स्त्रियाँ अपनी सासपर शासन करगी ॥ २५ ॥ शिष्य अपने गुरुओंको वचनबाणोंसे दुःख देंगे। यज्ञ-यागादि सत्कर्मोंका लोप हो जायगा। उस समय राक्षस, हिंस्रजन्तु,

कृतयुगे प्रधानपुरुषाश्रयाः ॥ कथायोगेन तान्सर्वान्पूजयिष्यन्ति मानवाः ॥ २१ ॥ सस्यचौरा भविष्यन्ति तथा चैलापहारिणः ॥ भक्ष्यभोज्यापहा-
राश्च करण्डानां च हारिणः ॥ २२ ॥ चौराश्चौरस्य हर्तारो हन्ता हर्तुर्भविष्यति ॥ चौरैश्चौरक्षये चापि कृते क्षेमं भविष्यति ॥ २३ ॥ निःसारे क्षुभिते
लोके निष्क्रिये व्यन्तरे स्थिते ॥ नराः श्रयिष्यन्ति वनं करभारप्रपीडिताः ॥ २४ ॥ पितॄनाज्ञापयिष्यन्ति पुत्राः कर्मणि सर्वशः ॥ स्नुषाः श्वश्रू-
स्तथा चैव युगान्ते प्रत्युपस्थिते ॥ २५ ॥ वाक्शरैरर्दयिष्यन्ति गुरूञ्छिष्याः समन्ततः ॥ यज्ञकर्मण्युपरते रक्षांसि श्वापदानि च ॥ २६ ॥ कीटमूष-
कसर्पाश्च धर्षयिष्यन्ति मानवान् ॥ क्षेमं सुभिक्षमारोग्यं सामग्र्यं वापि बन्धुषु ॥ उद्देशतो नरश्रेष्ठ भविष्यन्ति युगक्षये ॥ २७ ॥ स्वयंपालाः स्वयं
चोरा युगसंभारसंभृताः ॥ मण्डलैः प्रचलिष्यन्ति देशे देशे पृथक्पृथक् ॥ २८ ॥ स्वदेशेभ्यः परिभ्रष्टा निःसाराः सह बन्धुभिः ॥ नराः सर्वे भविष्यन्ति
तदा कालपरिक्षयात् ॥ २९ ॥ तदा स्कन्धे समाधाय कुमारान्विद्रुता भयात् ॥ कौशिकीं प्रतरिष्यन्ति नराः क्षुद्भयपीडिताः ॥ ३० ॥ अङ्गान्ब-
ङ्गान्कलिङ्गांश्च काश्मीरानथ मेकलान् ॥ ऋषिकान्तगिरिद्रोणीः संश्रयिष्यन्ति मानवाः ॥ ३१ ॥ कृत्स्नं वा हिमवत्पार्श्वं कूलं च लवणाम्भसः ॥
अरण्येषु च वत्स्यन्ति नरा म्लेच्छगणैः सह ॥ ३२ ॥ नैव शून्या न चाशून्या भविष्यति वसुंधरा ॥ गोप्तारश्चाप्यगोप्तारः प्रभविष्यन्ति शस्त्रिणः
॥ ३३ ॥ मृगैर्मत्स्यैर्विहंगैश्च श्वापदैः सर्पकीटकैः ॥ मधुशाकफलैर्मूलैर्वर्तयिष्यन्ति मानवाः ॥ ३४ ॥ चीरं पर्णं च बहुलं वल्कलान्यजिनानि च ॥

कीड़े, चूहे और सर्प मनुष्योंपर विकट उपद्रव उपस्थित कर देंगे। परिवारके सब लोग स्वस्थ तथा स्वच्छन्द जीवन न बिता सकेंगे। यहाँ तक कि उन्हें भरपेट अन्न भी मिलना कठिन हो जायगा ॥२६॥२७॥ जो रक्षक रहेंगे, वे ही बड़ी-बड़ी सेना लेकर देश-विदेशमें घूमते हुए लोगोंका भक्षण करते फिरेंगे ॥२८॥ मानवगण सर्वथा सम्बलहीन भूख-प्यास तथा भयसे व्याकुल हो और बाल-बच्चोंको कन्धेपर लादकर सपरिवार स्वदेशसे कौशिकी नदीके पार चले जायँगे ॥२९॥३०॥ सभी लोग भागकर अङ्ग, बङ्ग, कलिङ्ग, मेकल तथा ऋषिजनप्रिय गिरिकन्दराओंमें आश्रय लेंगे ॥३१॥ उस समय हिमालयकी तलहटी, समुद्रतट तथा जगल कहीं भी कुछ जगह खाली न रहेगी। अतएव लोग जंगलोंमें जाकर म्लेच्छोंके साथ निवास करेंगे ॥३२॥ पृथिवी मानवहीन न होगी। जो रक्षक रहेंगे, वे खड्गहस्त होकर संहारक बन जायँगे ॥३३॥ उस युगमें लोग मृग, मत्स्य, पक्षी, व्याघ्रादि हिंस्रपशु, सर्प, कीट, शाक तथा फलोंपर जीवन-निर्वाह

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करेंगे ॥३४॥ वे मुनिजनोंके समान चीर, वृक्षपत्र, वल्कल तथा मृगचर्म पहिनेंगे ॥३५॥ उस समय सब लोग गिरिकन्दराओंमें रहते तथा ग्राम्य अन्न भक्षण करते हुए छाग, महिष, गर्दभ तथा ऊँट पालेंगे ॥ ३६ ॥ सबलोग जलप्राप्तिके लिए नदियोंका बहाव रोक देंगे। लोग ब्याजपर पक्वान्नकी विक्री करके परस्पर आदान-प्रदानका व्यवहार सम्पन्न करेंगे ॥ ३७ ॥ लोग एक वृक्षसे दूसरे वृक्षमें जुटे वृक्ष की तरह आपसमें जुटे रहकर भी परस्पर विवाद करेंगे। सन्ततिकी बाढ़ बनी रहेगी, फिर भी लोग कुल-लक्षणसे हीन होकर निपूतों जैसा जीवन व्यतीत करेंगे ॥ ३८ ॥ कालकी प्रेरणासे लोग बहुत ही विपन्न दशामें जीवन बितायेंगे और धर्मकी दुर्दशा चरम सीमापर पहुँच जायगी ॥ ३९ ॥ उस समय लोगोंकी परमायु तीस वर्षके लगभग रहेगी। मनुष्योंके स्वास्थ्यके विषयमें क्या कहा जाय ? सभी लोग दुर्बल, विषयाकुल और रजोगुणसे परिपूर्ण रहेंगे ॥४०॥ रोगवश सब लोगोंकी इन्द्रियशक्ति क्षीण हो जायगी। उस समय आयु क्षीण हो जानेके कारण लोग प्रायः विषण्ण रहा करेंगे ॥ ४१ ॥ तब साधुशुश्रूषा तथा साधुदर्शनके प्रति लोगोंकी उत्सुकता बढ़ जायगी। दुर्व्यवहारमें न्यूनता आ जानेके कारण

स्वयंकृतानि वत्स्यन्ति यथा मुनिजनास्तथा ॥ ३५ ॥ बीजानामाकृतिं निम्नेष्वीहन्तः काष्ठशङ्कुभिः ॥ अजैडकं खरोष्ट्रं च पालयिष्यन्ति यत्नतः ॥ ३६ ॥ नदीं स्रोतांसि रोत्स्यन्ति तोयार्थे कूलमाश्रिताः ॥ पक्वान्नव्यवहारेण विपणन्तः परस्परम् ॥ ३७ ॥ तनूरुहैर्यथा जातैः समूलान्तर-संवृतैः ॥ बह्वपत्याः प्रजाहीनाः कुललक्षणवर्जिताः ॥ ३८ ॥ एवं भविष्यन्ति तथा मनुष्याः कालकारिताः ॥ हीनाद्धीनं तदा धर्म प्रजाः समनु-वर्त्स्यति ॥ ३९ ॥ आयुस्तत्र च मर्त्यानां परं त्रिंशद्भविष्यति ॥ दुर्बला विषयग्लाना रजसा समभिप्लुताः ॥ ४० ॥ भविष्यति तदा तेषां रोगै-रिन्द्रियसंक्षयः ॥ आयुः प्रक्षयसंरोधाद्विषादः प्रभविष्यति ॥ ४१ ॥ शुश्रूषवो भविष्यन्ति साधूनां दर्शने रताः ॥ सत्यं च प्रतिपत्स्यन्ति व्यवहारो-पसंक्षयात् ॥ ४२ ॥ भविष्यन्ति च कामानामलाभाद्धर्मशीलिनः ॥ करिष्यन्ति च संकोचं स्वपक्षक्षयपीडिताः ॥ ४३ ॥ एवं शुश्रूषवो दाने सत्ये प्राणाभिरक्षणे ॥ चतुष्पादः प्रवृत्तश्च धर्मः श्रेयोऽभिपत्स्यते ॥ ४४ ॥ तेषां लब्धानुमानानां गुणेषु परिवर्तताम् ॥ स्वादु किं न्विति विज्ञाय धर्म एवं वदिष्यति ॥ ४५ ॥ यथा हानिः क्रमात्प्राप्ता तथा वृद्धिः क्रमाद्गता ॥ प्रगृहीते यतो धर्मे प्रपत्स्यंति कृतं युगम् ॥ ४६ ॥ साधु वृत्तं कृतयुगे कषाये हानिरुच्यते ॥ एक एव तु कालः स हीनवर्णो यथा शशी ॥ ४७ ॥ छन्नो हि तमसा सोमो यथा कलियुगे तथा ॥ पूर्णश्च तमसा हीनो

धीरे-धीरे सत्यका प्रादुर्भाव फिर होने लगेगा ॥ ४२ ॥ इच्छायें पूर्ण न होनेके कारण लोग धर्मात्मा होने लग जायँगे और सतत स्वजनक्षय होते रहनेसे लोगोंको अपनी कुत्सित वृत्ति चरितार्थ करनेके लिए अग्रसर होनेका अवकाश ही नहीं रह जायगा ॥ ४३ ॥ जब कि मनुष्य सत्य, दान तथा प्राणोंकी रक्षाका यत्न करता है, तभी चतुष्पाद धर्मका संचार होता है और तभी वास्तविक श्रेयकी प्राप्ति होती है ॥ ४४ ॥ उस समय लोगोंके मनको धर्म ही सुस्वादु मालूम पड़ता है और जैसे पहले धर्मलोप हुआ था, उसी प्रकार अब क्रमशः धर्मभावकी वृद्धि होने लगती है। इस तरह धर्मानुष्ठान आरम्भ होनेपर ही सत्ययुगकी अवतारणा होती है ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ सत्ययुगमें सदाचारकी वृद्धि होती है और कलियुगमें ह्रास होता है। एकमात्र काल ही अनन्त कालसे प्रवाहित होता आ रहा है। किन्तु जैसे चन्द्रमा अन्धकारसे आच्छन्न होकर विवर्ण हो जाता है और अन्धकारके हटते ही वह पुनः प्रकाशमान हो उठता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है । उसी प्रकार कलियुगमें धर्म अधर्मसे आच्छन्न प्राय हो जाता है और जैसे ही सत्ययुगका उदय होता है, वैसे ही क्रमशः पूर्ण चन्द्रके समान वह प्रकाशमान हो उठता है ॥४७॥४८॥ परब्रह्म परमात्माके ध्यान और उसके ज्ञानमार्गको वेदार्थ कहते हैं । जिस प्रकार पैतृक सम्पत्तिमें प्राप्त स्वर्ण-रत्नादिके मलीन रहनेपर प्राप्तकर्ता उसे पहचान नहीं पाता और अपनेको दरिद्र समझता है । किन्तु मलिनता दूर होते ही उसे रत्नज्ञान हो जाता है, जिससे वह अपने आपको धनवान् समझने लगता है । उसी प्रकार मनुष्यका जबतक अन्तर्मल दूर नहीं होता, तबतक वह परब्रह्मके स्वरूपका निर्णय नहीं कर पाता । किन्तु अन्तर्मलके दूर होते ही उसके हृदयमें दिव्य ज्ञानका आविर्भाव हो जाता है और उस ज्ञानके द्वारा उसे परब्रह्मके स्वरूपका निर्णय करनेमें कुछ भी असुविधा नहीं होती ॥ ४९ ॥ विभिन्न आश्रमोंके लोग स्वर्गादि इष्ट फलप्राप्तिकी अभिलाषावश जिसका अनुष्ठान करते हैं, उसे तप कहते हैं । शास्त्रकारोंने तपको अनादि फल कहा है । देह तथा कर्मानुष्ठान दोनों दोनों ही के लिए सापेक्ष्य हैं । क्योंकि जैसे देह द्वारा कार्यकी सिद्धि होती है, उसी प्रकार कार्यके द्वारा देहकी रक्षा होती है । अतएव केवल

यथा कृतयुगे तथा ॥ ४८ ॥ अर्थवादः परं ब्रह्म वेदार्थ इति तं विदुः ॥ अनिर्णिक्तमविज्ञातं दायाद्यमिव धार्यते ॥ ४९ ॥ इष्टवादस्तपो नाम तपो हि स्थावरं कृतम् ॥ गुणैः कर्माभिनिर्वृत्तिर्गुणास्तथ्येन कर्मणा ॥ ५० ॥ आशीस्तु पुरुषं दृष्ट्वा देशकालानुवर्तिनी ॥ युगे युगं यथाकालमृषिभिः समुदाहृता ॥ ५१ ॥ इह धर्मार्थकामानां देवतानां प्रतिक्रिया ॥ आशिषश्च शुभाः पुण्यास्तथैवायुर्युगे युगे ॥ ५२ ॥ यथा युगानां परिवर्तनानि चिरं प्रवृत्तानि विधिस्वभावात् ॥ क्षणं न संतिष्ठति जीवलोकः क्षयोदयाभ्यां परिवर्त्तमानः ॥ ५३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्य-पर्वणि चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

सूत उवाच ॥ इत्येवमाश्वासयतो राजानं जनमेजयम् ॥ अतीतानागतं वाक्यमृषेः परिषदा श्रुतम् ॥ १ ॥ अमृतस्येव संवाहः प्रभा चन्द्र-मसो यथा ॥ अतर्पयत तच्छ्रोत्रं महर्षेर्वाङ्मयो रसः ॥ २ ॥ धर्मकामार्थसंयुक्तं करुणं वीरहर्षणम् ॥ रमणीयं तदाख्यानं कृत्स्नं परिषदा श्रुतम् ॥ ३ ॥ केचिदश्रूणि मुमुचुः श्रुत्वा दध्युस्तथापरे ॥ इतिहासं तमृषिणा पाणाविव निदर्शितम् ॥ ४ ॥ सदस्यान्सोऽभ्यनुज्ञाय कृत्वा चापि प्रदक्षिणम् ॥

कर्मानुष्ठान द्वारा मुक्तिकी सम्भावना नहीं रहती । इसलिए मुक्तिलाभके लिए निर्गुण ब्रह्मका आश्रय ही श्रेयस्कर होता है ॥ ५० ॥ ऋषियोंने युगादिभेदसे मनुष्योंकी श्रद्धा आदिके तार-तम्यसे जिस प्रकार कर्मफलका निर्देश किया है, उसी प्रकार इहलोकमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्षलाभमें भी तारतम्य घटित होता है । विधाताने जैसा विधान बना दिया है, उसीके अनुसार चला आता हुआ युगपरिवर्तन होता रहता है । संसारके जीव क्षणभर भी एक भावमें स्थिर नहीं रहते । वे बराबर विनाश और उत्पत्तिके सम्पर्कमें रहते हुए चक्कर काटा करते हैं ॥ ५१-५३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

(राजा जनमेजयके अश्वमेध यज्ञमें विघ्न) सूतजी बोले—महर्षि वेदव्यासने इस प्रकार भूत-भविष्यकी बातें बताकर राजा जनमेजयको आश्वासन प्रदान किया । सभाके सब लोग यह विवेचना सुनकर कहने लगे कि चन्द्रमाकी प्रभा तथा अमृतकी धाराका पान करनेसे जिस प्रकार तृप्तिका अनुभव होता है, उसी प्रकार महर्षि व्यासके मधुर वाङ्मयके रसका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पान करके हमलोग तृप्तिका अनुभव कर रहे हैं ॥ १ ॥ २ ॥ उग्र धर्म-अर्थ-कामयुक्त, वीरजनहर्षवर्द्धन, अतिकरुण तथा रमणीय उपाख्यानको सुनकर सभाके कुछ सदस्य अश्रु मोचन करने और कुछ लोग उस ऐतिहासिक वृत्तान्तका अनुशीलन करने लगे ॥३॥४॥ तदनन्तर उन महामुनि व्यासने सभाकी प्रदक्षिणा की और सदस्योंसे बिदा माँगते हुए 'मैं फिर कभी आप लोगोंके दर्शन करूँगा।' ऐसा कहकर चल पड़े ॥ ५ ॥ प्रस्थान करते समय वहाँ उपस्थित अन्यान्य तपस्वी, ब्राह्मणगण और ऋत्विग्गण कुछ दूर तक उनके पीछे-पीछे गये और बादमें उन्हें प्रणाम करके वे पुनः अपने स्थानपर लौट आये ॥६॥७॥ जैसे सर्प विषका परित्याग करनेके पश्चात् रोषशून्य होकर चला जाता है, उसी प्रकार राजा जनमेजय घोर वैरका निर्यातन करके क्रोध-शून्य होकर वहाँसे चले गये ॥८॥ उधर महामुनि आस्तीक भी होमाग्निसे प्रदीप्त मस्तकवाले तक्षककी रक्षा करके अपने आश्रमको लौट गये ॥ ९ ॥ राजा जनमेजय अपने अनुयायियोंके साथ हस्तिनापुर पहुँचकर बड़े आनन्दपूर्वक राज्यशासन करने लगे। अपने राजाको देखकर प्रजाजन भी बहुत प्रसन्न हुए ॥ १० ॥ कुछ समय बाद राजा जनमेजयने विधिवत् अश्वमेध-

पुनर्द्रक्ष्याम इत्युक्त्वा जगाम भगवानृषिः ॥ ५ ॥ अनुजग्मुस्तदा सर्वे प्रयान्तमृषिसत्तमम् ॥ लोके प्रवदतां श्रेष्ठं ये विशिष्टास्तपोधनाः ॥ ६ ॥
याते भगवति व्यासे तदा ब्रह्मर्षिभिः सह ॥ ऋत्विजः पार्थिवाश्चैव प्रतिजग्मुर्यथागतम् ॥ ७ ॥ पन्नगानां सुघोराणां कृतानां वैरयातनाम् ॥
जगाम रोषमुत्सृज्य राजा विषमिवोरगः ॥ ८ ॥ होत्राग्निदीप्तशिरसं परित्राय च तक्षकम् ॥ आस्तीकोऽथाश्रमपदं जगाम स महामुनिः ॥ ९ ॥
राजाऽपि हास्तिनपुरं जगाम स्वजनावृतः ॥ अन्वशासच्च मुदितस्तदा प्रमुदिताः प्रजाः ॥ १० ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य स राजा जनमेजयः ॥
दीक्षितो वाजिमेधेन विधिवद्भूरिदक्षिणः ॥ ११ ॥ संज्ञप्तमश्वं तत्रास्य देवी काश्या वपुष्टमा ॥ संविवेशोपगम्याथ विधिदृष्टेन कर्मणा ॥ १२ ॥ तां
तु सर्वानवद्याङ्गीं चकमे वासवस्तदा ॥ संज्ञप्तमश्वमाविश्य तया मिश्रीबभूव सः ॥ १३ ॥ तस्मिन्विकारे जनिते विदित्वा तत्त्वतश्च तत् ॥ असंज्ञप्तो-
ऽयमश्वस्ते ध्वंसेत्यध्वर्युमब्रवीत् ॥ १४ ॥ अध्वर्युर्ज्ञानसंपन्नस्तदिन्द्रस्य विचेष्टितम् ॥ कथयामास राजर्षेः शशाप स पुरंदरम् ॥ १५ ॥ जनमेजय
उवाच ॥ यद्यस्ति मे यज्ञफलं तपो वा रक्षतः प्रजाः ॥ फलेनानेन सर्वेण ब्रवीमि श्रूयतामिदम् ॥ १६ ॥ अद्यप्रभृति देवेन्द्रमजितेन्द्रियमस्थिरम् ॥
क्षत्रिया वाजिमेधेन न यक्ष्यन्तीति शौनक ॥ १७ ॥ ऋत्विजश्चाब्रवीत्क्रुद्धः स राजा जनमेजयः ॥ दौर्बल्यं भवतामेतद्यदयं धर्षितः क्रतुः ॥ १८ ॥

यज्ञकी दीक्षा ली ॥ ११ ॥ तदनन्तर जब यज्ञीय अश्वको मारा गया, तब काशिराजकी कन्या राजमहिषी वपुष्टमा उस मृत अश्वके पास जाकर बैठी ॥ १२ ॥ उसी समय देवराज इन्द्र उस सर्वाङ्गसुन्दरी राजमहिषीको देखकर मोहित हो गये। तत्पश्चात् इन्द्र इच्छानुसार लघु रूप धारण करके अश्वके शरीरमें प्रविष्ट हो गये। ऐसा करके उन्हें वपुष्टमाका संग प्राप्त हो गया ॥ १३ ॥ इधर राजा जनमेजयने ऐसा विकार उपस्थित जानकर वपुष्टमासे कहा—यह नहीं मरा हुआ अश्व ही तुम्हारा काल होगा ॥ १४ ॥ उसी समय ज्ञानसम्पन्न पुरोहितने अपनी ज्ञानदृष्टिसे इन्द्रकी कुचेष्टा जान ली और राजा जनमेजयको सब हाल कह सुनाया ॥ १५ ॥ तब राजा जनमेजयने इन्द्रको शाप देते हुए कहा—यदि मेरा यज्ञफल, तपफल तथा प्रजा-पालनके धर्मका कुछ भी फल अवशिष्ट हो तो मैं कहता हूँ कि हमारे उसी कर्मफलसे अब कोई क्षत्रिय अश्वमेध यज्ञका अनुष्ठान करते समय इस चंचलप्रकृति इन्द्रका पूजन नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करेगा ॥ १ ॥ १७ ॥ तदनन्तर अत्यन्त क्रुद्ध राजा जनमेजयने ऋत्विजोंसे कहा—हे ऋत्विग्गण ! आप लोगोंकी ही असावधानीसे मेरे यज्ञमें विघ्न उपस्थित हुआ है । अतएव अब आप लोग भी मेरे राज्यमें नहीं रह सकेंगे । इसी समय आप सपरिवार मेरे राज्यसे निकल जायँ । राजाके ऐसा कहनेपर वे ऋत्विग्गण क्रुद्ध होकर वहाँसे चले गये ॥ १८ ॥ १९ ॥ तदनन्तर राजा जनमेजय अन्तःपुरमें गये और अत्यन्त रुष्ट होकर अपनी पत्नियोंको डाँटते हुए उन्होंने कहा—तुम सब मेरे आदेशसे इस कुलटा वपुष्टमाको घरसे बाहर निकाल दो । क्योंकि इस पापिनीने अपना धूलभरा पैर मेरे मस्तकपर रक्खा है ॥२०॥२१॥ इसकी कुचालसे मेरा मान, यश और गौरव सब कुछ नष्ट हो गया है । उपभुक्त पुष्पमालाके समान मृदित उस दुष्टाका अब मैं मुख नहीं देखना चाहता ॥ २२ ॥ जो व्यक्ति परपुरुष द्वारा भोगी हुई स्त्रीको साथ लेकर संसारयात्रा करता है, उस व्यक्तिकी जिह्वा कभी सुस्वादु पदार्थोंके भोजनसे तृप्त नहीं होती और उसके नेत्र कभी निद्राका सुख नहीं ले पाते ॥ २३ ॥ अतएव विज्ञजन कुत्तेसे सस्पृष्ट हविके समान ऐसी दुश्चरित्रा स्त्रियोंका साथ नहीं रखते । राजा जनमेजय

विषये मे न वस्तव्यं गच्छध्वं सह बान्धवैः ॥ इत्युक्तास्तत्यजुर्विप्रास्तं नृपं जातमन्यवः ॥ १९ ॥ अमर्षादन्वशासच्च पत्नीशालागतः स्त्रियः ॥
राजा परमधर्मज्ञस्तामसौ जनमेजयः ॥ २० ॥ असतीं वपुष्टमामेतां निर्यातयत मे गृहात् ॥ यया मे चरणौ मूर्ध्नि पातितौ रेणुगुण्ठितौ ॥ २१ ॥
शौण्डीर्यं मेऽनया भग्नं यशो मानश्च दूषितः ॥ न चैनां द्रष्टुमिच्छामि परिक्लिष्टामिव स्रजम् ॥ २२ ॥ न स्वादु सोऽश्नाति नरः सुखं स्वपिति वा
रहः ॥ अन्वास्ते यः प्रियां भार्यां परेण मृदितामिह ॥ २३ ॥ पुनर्नैवोपभुञ्जन्ति श्वावलीढं हविर्यथा ॥ एवमुच्चैः प्रभाषन्तं क्रुद्धं पारीक्षितं नृपम् ॥
गन्धर्वराजः प्रोवाच विश्वावसुरिदं वचः ॥ २४ ॥ विश्वावसुरुवाच ॥ त्रियज्ञशतयज्वानं वासवस्त्वां न मृष्यते ॥ अप्सरास्तेन पत्नी ते विहितेयं
वपुष्टमा ॥ २५ ॥ रम्भानामाप्सरा देवी काशिराजसुता मता ॥ सैषा योषिद्वरा राजन्रत्नभूताऽनुभूयताम् ॥ २६ ॥ यज्ञे विवरमासाद्य विघ्नमिन्द्रेण ते
कृतम् ॥ यज्वा ह्यसि कुरुश्रेष्ठ समृद्ध्या वासवोपमः ॥ २७ ॥ बिभेत्यभिभवाच्छक्रस्तव क्रतुफलैर्नृप ॥ तस्मादावर्तितश्चैव क्रतुरिन्द्रेण ते विभो
॥ २८ ॥ मायैषा वासवेनेह प्रयुक्ता विघ्नमिच्छता ॥ क्रतोर्विवरमासाद्य संज्ञप्तं दृश्य वाजिनम् ॥ २९ ॥ रतिमिन्द्रेण रम्भायां मन्यसे यां वपुष्टमाम् ॥
अथ ते गुरवः शप्तास्त्रियज्ञशतयाजिनः ॥ ३० ॥ भ्रंशितस्त्वं च विप्राश्च बलादिन्द्रसमादिह ॥ त्वत्तश्चैव सुदुर्धर्षास्त्रियज्ञशतयाजिनः ॥ ३१ ॥ बिभेति

अत्यधिक क्रुद्ध होकर जब ऐसा कह रहे थे, उसी समय गन्धर्वराज विश्वावसुने आकर कहा—॥ २४ ॥ राजन् ! आपके सौ अश्वमेध यज्ञोंकी पूर्ति इन्द्रको किसी तरह सह्य नहीं हो सकी । इसीलिए उन्होंने अपनी रम्भा अप्सराको वपुष्टमाके रूपमें परिणत करके आपकी पत्नी बनायी थी ॥ २५ ॥ इसी कारण रम्भा काशिराजकी कन्या होकर उत्पन्न हुई थी । सो आपकी राजमहिषी वपुष्टमा अतीव साध्वी और स्त्रीरत्न है ॥ २६ ॥ अवसर पाकर केवल इन्द्रने आपके यज्ञमें विघ्न उपस्थित किया है । आप यज्ञानुष्ठान तथा सम्पदामें इन्द्रके समान हैं ॥ २७ ॥ आपके यज्ञफलसे इन्द्र अपने इन्द्रपदके लुप्त हो जानेकी आशंकासे सदा भयभीत रहा करते थे । इसी कारण अश्ववधके समय छिद्र देखकर उन्होंने आपके यज्ञमें विघ्न उपस्थित करके यज्ञको पूर्ण नहीं होने दिया है ॥ २८ ॥ २९ ॥ आप जिसे वपुष्टमा समझ रहे हैं, वास्तवमें वह रम्भा अप्सरा है । देवराजने यज्ञमें विघ्न डालनेकी कामना करके ही ऐसा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मायाजाल फैला तथा यज्ञमें निहत अश्वके शरीरमें प्रविष्ट होकर रम्भाके साथ सम्भोग किया था। इसके उपलक्ष्यमें आपने यज्ञानुष्ठान करनेवाले गुरुजनोंका तिरस्कार कर दिया है ॥३०॥ ऐसा करनेसे विप्रगण और आप इन्द्रपदप्राप्तिके फलसे च्युत हो गये हैं। इन्द्र जितना आपसे डरते थे, उतना ही उन ब्राह्मणोंसे भी डरते थे। किन्तु एक ही मायाबलसे उन्होंने दोनोंसे छुटकारा पा लिया है ॥३१॥३२॥ यदि ऐसा न होता तो महातेजस्वी तथा विजयेच्छुक पुरन्दर कि.स लिए अपने नाती (आप)की पत्नीके साथ इस प्रकार दुराचार करते ॥३३॥ विश्वावसुने कहा—राजन्! जिस प्रकार इन्द्र बुद्धि, धर्मानुष्ठान, दमगुण, ऐश्वर्य एवं कीर्तिसम्पन्न हैं, उसी प्रकार आप भी उपर्युक्त सभी गुणोंसे सम्पन्न हैं ॥ ३४ ॥ अतएव आप इन्द्र, अपने गुरुजनों, वपुष्टमा तथा अपने आपको दोष न दीजिए। क्योंकि कालके बलका अतिक्रमण कोई नहीं कर सकता ॥३५॥ इन्द्रने अपने प्रभावसे अश्वके शरीरमें प्रविष्ट होकर आपको कुपित किया है। अतएव यदि आप सुखी होना चाहते हों तो देवराजके अनुकूल सब कार्य करिए ॥ ३६ ॥ जलके वेगको रोकनेके समान इन्द्रके प्रतिकूल चलकर जीवन यापन करना बहुत कठिन कार्य है। अतः आप अपने मनकी ग्लानि दूर करके इस निष्कलङ्क स्त्रीरत्न वपुष्टमाका उपभोग करें ॥ ३७ ॥ निरपराधिनी स्त्रीका परित्याग करनेसे वह भी रुष्ट होकर शाप दे सकती है। एक तो स्त्रीजातिका ही दोष साधारण रहता है, उसमें भी वपुष्टमा जैसी दिव्याङ्गनाओंका दोष और भी नगण्य होता है ॥ ३८ ॥ सूर्यकी प्रभा, अग्निकी शिखा और हुताशनकी आहुतिके समान स्त्रियाँ परपुरुषके द्वारा उपभुक्त होकर भी दूषित नहीं होतीं ॥ ३९ ॥ अतएव विज्ञजनोंका कर्तव्य है कि उन्हें ग्रहण करके भली भाँति पालन करें। सुशील स्त्रियोंका गृहलक्ष्मीके समान सदा सम्मान करते हुए उन्हें नमस्कार करना चाहिए ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

(ग्रन्थमहात्म्य) सौति बोले—महाराज जनमेजयने विश्वावसु गन्धर्व द्वारा इस प्रकार प्रार्थित होकर वपुष्टमाके प्रति उत्पन्न संशय त्याग दिया। इससे उनका चित्त शान्त हो

हि सदा त्वत्तो ब्राह्मणेभ्योऽपि वासवः ॥ एकेन वै तदुभयं तीर्णं शक्रेण मायया ॥ ३२ ॥ स एष सुमहातेजा विजिगीषुः पुरन्दरः ॥ कथमन्यैरनाचीर्णं नप्तुर्दारानतिक्रमेत् ॥ ३३ ॥ विश्वावसुरुवाच ॥ यथैव हि परा बुद्धिः परो धर्मः परो दमः ॥ यथैव परमैश्वर्यं कीर्तितं हरिवाहने ॥ तथैव त्वयि दुर्धर्षे त्रियज्ञशतयाजिनि ॥ ३४ ॥ मा वासवं मा च गुरुमात्मानं मा वपुष्टमाम् ॥ गच्छ दोषेण कालो हि सर्वथा दुरतिक्रमः ॥ ३५ ॥ ऐश्वर्येणाश्वमाविश्य देवेन्द्रेणासि रोषितः ॥ आनुकूल्येन देवस्य वर्तितव्यं सुखार्थिना ॥ ३६ ॥ दुस्तरं प्रतिकूलं हि प्रतिस्रोत इवाम्भसः ॥ स्त्रीरत्नमुपभुङ्क्ष्वेमामपापां विगतज्वरः ॥ ३७ ॥ अपापास्त्यज्यमाना वै त्यजेयुरपि योषितः ॥ अदुष्टास्तु स्त्रियो राजन्दिव्यास्तु सविशेषतः ॥ ३८ ॥ भानोः प्रभा शिखा वह्नेर्वेदी होत्रे तथाहुतिः ॥ परामृष्टाप्यसंसक्ता नोपदुष्यन्ति योषितः ॥ ३९ ॥ ग्राह्या लालयितव्याश्च पूज्याश्च सततं बुधैः ॥ शीलवत्यो नमस्कार्याः पूज्याः श्रिय इव स्त्रियः ॥ ४० ॥ इति श्रीमन्महाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

सौतिरुवाच ॥ एवं स विश्वावसुनाऽनुनीतः प्रसादमागम्य वपुष्टमायाः ॥ चकार मिथ्या व्यतिशङ्कितात्मा शान्तिं परां मानवधर्मदृष्टाम् ॥ १ ॥ श्रममभिविनिवर्तमानसं स समभिलषज्जनमेजयो यशः स्वम् ॥ विषयमनुशशास धर्मबुद्धिर्मुदितमना रमयन्वपुष्टमां ताम् ॥ २ ॥ न हि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गया ॥१॥ तदनन्तर अपनी कीर्तिके विस्तारकी लालसासे वे अपने राज्यमें पूर्ण तन्मयताके साथ शासनकार्य करने लगे। वपुष्टमा भी सब बातें भूलकर प्रसन्न रहने लगी ॥२॥ तबसे राजा जनमेजय विप्रपूजामें किसी प्रकारका व्यतिक्रम नहीं करते थे। दान तथा यज्ञकार्य पुनः पूर्ववत् होने लगे। देशरक्षाके कार्यमें वे तनिक भी भूल नहीं होने देते थे। उस समयसे फिर कभी उन्होंने वपुष्टमाको कुछ नहीं कहा ॥ ३ ॥ महर्षि वेदव्यासने पहले जो कुछ कहा था, वह यथार्थ था और कर्मलेखके समान उसके विपरीत कुछ करना अत्यन्त दुष्कर था। ऐसा सोचकर राजा जनमेजयने अपने मनका सन्ताप दूर कर दिया। तदनन्तर नियमानुसार राज्यकार्यका पर्यवेक्षण एवं परमानन्दपूर्वक वपुष्टमाके साथ विहार करने लगे ॥ ४ ॥ महर्षि वेदव्यासके इस महाकाव्य तथा देवराज इन्द्रके पापमोचनसम्बन्धी इतिहासका स्वाध्याय करनेसे मनुष्य पापमुक्त होकर जनसाधारणमें आदरणीय हो जाता है। उसकी कोई भी कामना अपूर्ण नहीं रह जाती। प्रत्युत वह मनुष्य दीर्घायु तथा सर्वज्ञता प्राप्त करके बड़े आनन्दके साथ जीवन यापन करता है और अन्तमें उसे भगवत्प्राप्ति भी हो जाती है ॥ ५॥६॥ जिस तरह वटवृक्षके

विरमति विप्रपूजनान्न च विनिवर्तति यज्ञदानशीलात् ॥ न विषयपरिरक्षणाच्च्युतोऽभून्न च परिगर्हति तां वपुष्टमां च ॥ ३ ॥ विधिविहितमशक्य-मन्यथा हि कर्तुं यदृषिरचिन्त्यतपाः पुराऽब्रवीत्सः ॥ इति स नृपतिरात्मवांस्तदाऽसौ तदनु विचिन्त्य बभूव वीतमन्युः ॥४॥ इदं महाकाव्यमृषेर्महा-त्मनः पठन्नृणां पूज्यतमो भवेन्नरः ॥ प्रकृष्टमायुः समवाप्य दुर्लभं लभेच्च सर्वज्ञफलं च केशवम् ॥ ५ ॥ शतक्रतोः कल्मषविप्रमोक्षणं पठन्निदं मुच्यति कल्मषान्नरः ॥ तथैव कामान्विविधान्समश्नुते ह्यवाप्तकामश्च चिराय नन्दति ॥६॥ यथा हि पुष्पप्रभवं फलं द्रुमाः फलात्प्रजायन्ति पुनश्च पादपाः ॥ तथा महर्षिप्रभवा इमा गिरः प्रवर्द्धयन्ते तमृषिं प्रवर्द्धिताः ॥ ७ ॥ पुत्रानपुत्रो लभते सुवर्चसश्च्युतः पुनर्विन्दति चात्मनः स्थितिम् ॥ व्याधिं न चाप्नोति चिरं स बन्धनं क्रियां च पुण्यां लभते गुणान्वितः ॥ ८ ॥ पतिमभिलभते च सत्सु कन्या श्रवणमुपेत्य शुभा मुनेस्तु वाचः ॥ जनयति च सुतान्गुणैरुपेतान्स्वजनहिते द्विषतां प्रमर्दनं च ॥ ९ ॥ विजयति वसुधां च राजवृत्तिर्धनमतुलं लभते द्विषज्जयं च ॥ विपुलमपि धनं लभेच्च वैश्यः सुगतिमियाच्छ्रवणाच्च शूद्रजातिः ॥१०॥ पुराणमेतच्चरितं महात्मनामधीत्य बुद्धिं लभते च नैष्ठिकीम् ॥ विहाय दुःखानि विमुक्तसङ्गः स वीतरागो विचरेद्वसुन्धराम् ॥११॥ इत्येतदाख्यानमुदाहृतं वै प्रतिस्मरन्तो द्विजमण्डलेषु ॥ स्थैर्येण धैर्येण पुनः स्मरन्तः सुखं भवन्तोऽनुचरन्तु लोकम् ॥१२॥

बीजसे वटवृक्षकी ही उत्पत्ति होती है, उसी प्रकार वेदव्यासके इस ग्रन्थसे व्यासजीकी ही महिमा बढ़ती है ॥ ७ ॥ इसका पाठ करनेसे पुत्रहीन मनुष्य पुत्र पाता, स्थानच्युत व्यक्ति अपना स्थान प्राप्त करता, संसारी मनुष्य संसारसे मुक्ति एवं पुण्यकर्मोंका फल लाभ करता है ॥ ८ ॥ महर्षि वेदव्यासरचित यह वचनपरम्परा जिस कन्याके कानोंमें प्रवेश कर जाती है, उसे अभिलषित पति प्राप्त होता है और उस पतिके द्वारा उसे गुणी, स्वजनहितैषी एवं शत्रुविजयी पुत्रका लाभ होता है ॥९॥ इस ग्रन्थका श्रवण करनेसे राजाको राज्यलाभ तथा शत्रुपराजय, वैश्यको विपुल वैभव और शूद्रको सद्गति प्राप्त होती है ।।१०॥ प्राचीन महात्माओंके इस पुराणचरितका अध्ययन करनेसे मनुष्यके हृदयमें नैष्ठिकी बुद्धिका उदय होता है। नैष्ठिकी बुद्धिके उदय होनेपर मनमें किसी प्रकारके संशयका अवकाश नहीं रह जाता। उस समय मनुष्य निस्पृह तथा सुखी रहता हुआ सानन्द इस धराधाममें विचरण करता है ॥ ११ ॥ हे भगवन्!

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार मैंने आपलोगोंको वेदव्यासप्रणीत अद्भुतकर्मा महात्माओंका आश्चर्यमय इतिहास विस्तृतरूपसे कह सुनाया। शान्तचित्तसे इसका बार-बार स्मरण करनेसे अनायास आपलोग सुखपूर्वक विहार कर सकेंगे। अब यह बतलाइए कि इसके पश्चात् आपलोग और क्या सुनना चाहते हैं? ॥१२॥१३॥ इति श्रीमहाभारते भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां षष्ठोऽध्यायः ॥६॥

(भगवानकी महिमा) जनमेजय बोले—भगवन्! नारायणका माहात्म्य बार-बार सुनकर भी मेरी आत्मा तृप्त नहीं होती। अतएव कृपया आप हमें यह बताइए कि क्षीर-सागरमें शयन करते हुए नारायणने सृष्टिकार्य किस तरह सम्पन्न किया। पूर्वकालमें इस ब्रह्माण्डमें देवता तथा ऋषि किस प्रकार उत्पन्न हुए? ॥ १ ॥ २ ॥ वे पुरुषोत्तम भगवान कितने समयतक सोते हैं? जिनसे कालकी भी उत्पत्ति होती है, वे ही भगवान कालके आश्रित होकर सोते क्यों हैं? ॥ ३ ॥ वे कब जागते हैं? जागनेके बाद वे किस तरह अखिल

इति चरितमिदं महात्मनामृषिकृतमद्भुतवीर्यकर्मणाम् ॥ कथितमिदं हि समासविस्तरैः किमपरमिच्छसि किं ब्रवीमि ते ॥ १३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यान्तग्रन्थार्थप्रकाशो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

जनमेजय उवाच ॥ प्रभावं पद्मनाभस्य स्वपतः सागराम्भसि ॥ पुष्करे वै यथोद्भूता देवाः सर्षिगणाः पुरा ॥ १ ॥ एतदाख्याहि निखिलं योगं योगविदां पते ॥ शृण्वतस्तस्य मे कीर्तिं न तृप्तिरभिजायते ॥ २ ॥ कियन्तं चैव कालं वै शयिता पुरुषोत्तमः ॥ किमर्थं शयते कालं तस्य कालस्य संभवः ॥ ३ ॥ कियता चैव कालेन प्रबुध्यति सुराधिपः ॥ कथमुत्थाय भगवानसृजन्निखिलं जगत् ॥ ४ ॥ के प्रजापतयस्तात आसन्पूर्वं महामुने ॥ कथं निमितवांश्चैव चित्रं लोकं सनातनः ॥ ५ ॥ एवमेकार्णवे लोके नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥ नष्टे देवासुरगणे प्रनष्टोरगराक्षसे ॥ ६ ॥ नष्टानलानिले लोके नष्टाकाशमहीतले ॥ केवलं गह्वरीभूते महाभूतविपर्यये ॥ ७ ॥ प्रभुर्महाभूतपतिर्महातेजा महाकृतिः ॥ आस्ते सुरगुरुश्रेष्ठो विधिमादाय कां मुने ॥ ८ ॥ तन्मे त्वमुपपन्नाय ब्रह्मन्नेतदसंशयम् ॥ वक्तुमर्हसि धर्मिष्ठ यशो नारायणात्मकम् ॥ ९ ॥ प्रादुर्भावं पुरस्कृत्य भूतं भव्यं महात्मनः ॥ श्राद्धानामुपविष्टानां भगवन् वक्तुमर्हसि ॥ १० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ नारायणयशोज्ञाने या भवेद्भवतः स्पृहा ॥ त्वद्वंशानघ पूतस्य कार्यं कुरु कुलर्षभ ॥११॥ शृणुष्वादिपुराणेभ्यो देवताभ्यो यथाश्रुति ॥ ब्राह्मणानां च वदतां श्रुतोऽस्माभिर्महात्मनाम् ॥१२॥ यथा च तपसा

जगत्की सृष्टि करते हैं ॥ ४ ॥ पूर्वकालमें कौन-कौनसे प्रजापति थे? एकरूप होकर भी उन्होंने इस बहुरूपात्मक संसारकी सृष्टि कैसे की? ॥ ५ ॥ जब कि सब जलमय था और जब स्थावर, जङ्गम, देवता, दैत्य, उरग, राक्षस, वायु, आकाश तथा पृथिवी इनमेंसे किसीका किसीसे कोई सम्पर्क नहीं था। जब सब कुछ एकार्णवके गर्भमें विलीन हो गया था ॥६॥७॥ उस समय वे एकमात्र महाप्रभु, महाभूतपति, महातेजस्वी, महाकृति और सुरगुरुश्रेष्ठ भगवान नारायण किस तरह और किस योगका अवलम्बन करके रह रहे थे? ॥८॥ हे ब्रह्मन्! मैं बड़ी श्रद्धाके साथ उनकी महिमा सुननेके लिए बैठा हुआ हूँ। अतएव अब आप उनके भूत तथा भविष्यमें होनेवाले अवतारोंको आदिसे लेकर वर्णन करिए ॥ ९ ॥ १० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! आपके मनमें जो भगवानकी महिमा सुननेकी इच्छा जागृत हुई है, वह आपके कुलके अनुरूप ही है ॥ ११ ॥ अच्छा, मैंने आदिम पुराणों, देवताओं और महात्मा ब्राह्मणोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुखसे जैसा सुना है। देवगुरु बृहस्पतिके सदृश मेधावी, पराशर ऋषिके पुत्र श्रीमान् कृष्ण द्वैपायनने अपने ध्यानबलसे तत्त्वज्ञान प्राप्त करके मुझको जो बताया है, मैं यथाशक्ति और यथाश्रुति आपसे कहता हूँ, सुनिए। वैसे तो मैं एक सामान्य ऋषि हूँ, मुझमें इतनी शक्ति कहाँ कि मैं भगवानकी महिमाका वर्णन करूँ ॥ १२–१४ ॥ मेरी तथा अन्य लोगोंकी बात दूर रही, विश्वविधाता ब्रह्मामें भी इतनी सामर्थ्य नहीं है कि वे भगवानकी प्रकृत महिमाका वर्णन कर सकें ॥ १५ ॥ आपने मुझसे जो प्रश्न किया है, उसके विषयमें मैंने सुना है कि नारायणका माहात्म्य तत्त्वज्ञानी विश्वेदेव तथा अन्यान्य महर्षियोंके लिए भी गोपनीय सामग्री है ॥ १६ ॥ आत्मतत्त्वके ज्ञातागण नियमितरूपसे जिनकी महिमाका अनुध्यान करते हैं और जिनकी महिमासे कर्मठ लोग कर्ममें प्रवृत्त होते हैं, उनकी वह महिमा दैवी, दैवातीत एवं अतीव आनन्ददायिनी कही गयी है। फलतः उनकी महिमाका न आदि है और न अन्त फिर भी वह महर्षिगणोंके लिए एक उत्कृष्ट ज्ञातव्य पदार्थ है। वेदवेत्तागण उनकी महिमाको सत्य तथा चक्षुर्विषय कहकर वर्णन करते हैं ॥ १७ ॥ १८ ॥ फलतः उन्हें कर्ता, कारक,

दृष्टो बृहस्पतिसमद्युतिः ॥ पाराशर्यस्ततः श्रीमान्गुरुर्द्वैपायनोऽब्रवीत् ॥ १३ ॥ तत्तेऽहं संप्रवक्ष्यामि यथाशक्ति यथा श्रुतम् ॥ न विज्ञातुं मया शक्यमृषिमात्रेण भारत ॥ १४ ॥ कः समुत्सहते ज्ञातुं परं नारायणात्मकम् ॥ विश्वात्मनोऽयं ब्रह्माऽपि न वेदयति तत्त्वतः ॥ १५॥ श्रुतं मे विश्वदेवानां यद्रहस्यं महर्षिणाम् ॥ तदिदं सर्वदेवानां तत्त्वतस्तत्त्ववादिनाम् ॥ १६ ॥ तदध्यात्मविदां चिन्त्यं कारणं चैव कर्मिणाम् ॥ अधिदैवं च यद्दैवं तद्दैवमिति संज्ञितम् ॥ १७॥ यद्भूतमधिभूतं च यत्परं च महर्षिणाम् ॥ यत्सत्यं देवदृष्टं च यत्तद्वेदविदो विदुः ॥१८॥ यः कर्ता कारको बुद्धिर्मनः क्षेत्रज्ञ एव च ॥ प्रधानं पुरुषः शास्ता एकस्तदभिशब्द्यते ॥१९॥ कालः कालं स्वपयति द्रष्टा स्वाधीन एव च ॥ प्राणः पञ्चविधश्चैव ध्रुवमक्षय एव च ॥२०॥ उच्यते विविधैर्भावैस्तस्यैवानघ तत्परैः ॥ स एव भगवान्सर्वं करोति विकरोति च ॥ २१ ॥ योऽस्मान्कारयते कर्म तेनास्म व्याकुलीकृताः ॥ यजामहे तमेवेशं तमेवेच्छाम निर्वृताः ॥ २२ ॥ यो वक्ता यश्च वक्तव्यो यश्चाहं तद्ब्रवीमि वः ॥ इदं शृणुत यच्छ्रेयो यच्चान्यत्परिजल्पथ ॥२३॥ याः कथाश्चैव वर्तन्ते श्रुतयो वाऽथ गह्वराः ॥ विश्वं विश्वपतिर्देवाः सर्वं नारायणात्मकम् ॥२४॥ यत्सत्यं यदनृतमादिमक्षरं वै यद्भूतं भवति मिथश्च यद्भविष्यम् ॥ यत्किञ्चिच्चरमचराव्ययं त्रिलोके तत्सर्वं पुरुषवरः प्रभुर्वरिष्ठः ॥२५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पुष्क-

मन, बुद्धि, क्षेत्रज्ञ, प्रधान पुरुष अथवा नियन्ता आदि जो भी कहकर वे उनका निर्देश करते हैं तो भगवान उन्हींके बताये स्वरूपके हो जाते हैं ॥ १९ ॥ वे स्वाधीनभावसे सब कुछ देखते-सुनते हैं। वे कालके अधीन नहीं हैं, बल्कि वे तो कालको ही परिवर्तित कर देते हैं। वे पञ्चविध प्राणस्वरूप हैं। न उनका कभी ह्रास होता है और न उन्नति। उन्होंने प्राणादि पञ्चविधभावसे आकाशादि समस्त भूतोंकी उत्पत्ति की है। वे अपने मायाबलसे स्वयं रूपान्तरमें परिणत हो जाते हैं ॥ २० ॥ २१ ॥ वे हमें कार्यमें प्रवृत्त करते हैं और उन्हींके द्वारा हममें व्याकुलता आती है। शान्ति प्राप्त कर लेनेपर हम उन्हींका यज्ञ और उन्हींकी प्रार्थना करते हैं ॥२२॥ वक्ता, वाक्य, अर्थ, अहंकार, श्रवण, मोक्ष, स्वर्गादि, कथा, श्रुति, रहस्य, विश्व, विश्वपति अथवा देवता ये सभी विभूतियाँ नारायणात्मक हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ फलतः सत्य-मिथ्या, कार्य-कारण, स्थावर-जंगम एवं भूत-भविष्य-वर्तमानादि सब कुछ उन नारायणका ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वरूप है ॥ २५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

(युगोंका परिमाण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! चार हजार वर्षका सत्ययुग होता है और आठ सौ वर्षपर उसकी सन्धि होती है ॥ १ ॥ इस युगमें धर्मके चार पैर तथा अधर्मका केवल एक पैर रहता है। इस समय सब मनुष्य अपने-अपने धर्ममें अनुरक्त रहते हुए अर्चना काम करते हैं ॥ २ ॥ इस युगमें ब्राह्मण धर्ममें, क्षत्रिय राजव्यवहारमें, वैश्य कृषिकार्यमें और शूद्र सेवाकार्यमें संलग्न रहते हैं ॥ ३ ॥ इस समय सत्य तपस्या और धर्मका गौरव बढ़ता है। सब लोग साधुजनों द्वारा आचरित सत्कर्मोंका अनुष्ठान तथा उसकी ही सराहना करते हैं। इस समय लोग पहले स्वयं सदाचारका पालन करते हैं, तब दूसरोंको उसका उपदेश देते हैं। सत्ययुगमें धार्मिक तथा नीच सब लोगोंका व्यवहार स्वच्छ रहता है।

रप्रादुर्भावे सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तु कृतं युगम् ॥ तस्य तावच्छती संध्या द्विगुणा जनमेजय ॥ १ ॥ तत्र धर्मश्चतुष्पादो ह्यधर्मः पादविग्रहः ॥ स्वधर्मनिरताः सन्तो जयन्ते चैव मानवाः ॥ २ ॥ स्थिता धर्मपरा विप्रा राजवृत्तौ स्थिता नृपाः ॥ कृष्यामभिरता वैश्याः शूद्राः शुश्रूषवस्तथा ॥ ३ ॥ सदा सत्यं तपश्चैव धर्मश्चैव विवर्धते ॥ सद्भिराचरितं यच्च क्रियते ख्यायते च यत् ॥ ४ ॥ एतत्कृतयुगे वृत्तं सर्वेषा-मेव भारत ॥ प्राणिनां धर्मबुद्धीनामपि चेन्नीचयोनिनाम् ॥ ५ ॥ त्रीणि वर्षसहस्राणि त्रेतायुगमिहोच्यते ॥ तस्य तावच्छती संध्या द्विगुणा परि-कीर्तिता ॥ ६ ॥ द्वाभ्यामधर्मः पादाभ्यां त्रिभिर्धर्मो व्यवस्थितः ॥ तत्र सत्यं च सत्त्वं च कृते सर्वं प्रवर्तते ॥ ७ ॥ त्रेतायां विकृतिं यान्ति वर्णा लौल्येन संयुताः ॥ चातुर्वर्ण्यस्य वै कृत्याद्यान्ति दौर्बल्यमाश्रिताः ॥ ८ ॥ एष त्रेतायुगविधिर्विहितो देवनिर्मितः ॥ द्वापरस्यापि या चेष्टा तामपि श्रोतुमर्हसि ॥ ९ ॥ द्वापरं द्वे सहस्रे तु वर्षाणां कुरुसत्तम ॥ तस्य तावच्छती संध्या द्विगुणा परिकीर्तिता ॥ १० ॥ तत्राप्यर्थपरा विप्रा ज्ञानिनो रजसाऽऽवृताः ॥ शठा नैष्कृतिकाः क्षुद्रा जायन्ते कुरुपुङ्गव ॥ ११ ॥ द्वाभ्यां धर्मः स्थितः पद्भ्यामधर्मस्त्रिभिरुत्थितः ॥ विपर्ययं शनैर्यान्ति कृते ये धर्मसेतवः ॥ १२ ॥ ब्राह्मण्यभावा नश्यन्ति तथाऽऽस्तिक्यं विशीर्यते ॥ व्रतोपवासास्त्यज्यन्ते द्वापरे युगपर्यये ॥ १३ ॥ तथा वर्षसहस्रं तु वर्षाणां

॥ ४ ॥ ५ ॥ त्रेतायुगका परिमाण तीन हजार वर्षोंका होता है। छ सौ वर्षकी सन्धि होती है ॥ ६ ॥ इस युगमें धर्मके तीन तथा अधर्मके दो पैर रहते हैं। सत्ययुगके समान ही इस युगमें भी सत्य तथा उत्साहकी वृद्धि होती है ॥ ७ ॥ किन्तु इस समय मनुष्य धर्मलालसासे उदासीन हो जाते हैं। इसी कारण चारों वर्णोंके धर्ममें विकार उत्पन्न होनेके कारण मनुष्योंमें दुर्बलताका उदय हो जाता है ॥ ८ ॥ यह त्रेतायुगकी व्यवस्था हुई। अब द्वापरयुगकी चेष्टाओंको भी समझ लीजिए ॥ ९ ॥ द्वापरयुगका परिमाण दो हजार वर्षोंका होता है। चार सौ वर्षमें उसकी सन्धि पूर्ण होती है ॥ १० ॥ इस युगमें ब्राह्मण धनलोलुप, ज्ञानी व्यक्ति रजोगुणपूर्ण एवं अन्य व्यक्ति शठ तथा वञ्चक होते हैं ॥ ११ ॥ इस समय धर्मके दो पैर और अधर्मके तीन पैर होते हैं। इस समय लोग सत्ययुगका धर्मसेतु व्रत तथा उपवास त्याग देते हैं ॥ १२ ॥ ब्राह्मणत्व तथा आस्तिकता धीरे-धीरे क्षीण हो जाती है। इस समय लोग व्रत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा उपवास त्याग देते हैं ॥१३॥ इसके बाद अतिशय क्रूर कलियुगका आगमन होता है। इसका परिमाण दो सौ वर्षकी संध्याके साथ एक हजार दिव्य वर्षका होता है ॥१४॥ इस युगमें धर्मका केवल एक चरण शेष रह जाता है, किन्तु अधर्मके चारों चरण विद्यमान रहते हैं। इस समय मनुष्य घोर अज्ञानान्धकारसे आच्छन्न होकर कामी हो जाते हैं ॥१५॥ व्रत तथा उपवास करनेवाला कोई नहीं रह जाता। सत्य प्रायः उच्छिन्न हो जाता है। आस्तिक, ब्रह्मवादी तथा सज्जनोंका अभाव हो जाता है ॥ १६ ॥ इस समय सबलोग अहंकारके मदसे मत्त होते हैं। स्नेहबन्धन सर्वथा शिथिल पड़ जाता है। इन दिनों ब्राह्मण शूद्रोंका आचरण करते हैं और शूद्र ब्राह्मणों जैसा आचरण करने लग जाते हैं ॥ १७ ॥ इस युगमें सभी लोग आश्रमधर्मकी निन्दा करते हैं और सभी वर्णसंकर हो जाते हैं। सब लोग अगम्या स्त्रियोंके साथ सम्भोग करते हुए वेदवाक्योंपर संशय करते हैं ॥ १८ ॥ हे महाराज! पूर्वोक्त द्वादश

द्वे शते तथा ॥ संध्यया सह संख्यातं क्रूरं कलियुगं स्मृतम् ॥१४॥ तत्राधर्मश्चतुष्पादः स्याद्धर्मः पादविग्रहः ॥ कामनिष्ठास्तमश्छन्ना जायन्ते तत्र मानवाः ॥ १५ ॥ नैवोपवासकृत्कश्चिन्न च साधुर्न सत्यवाक् ॥ आस्तिको ब्रह्मवक्ता वा नरो भवति वै तदा ॥ १६ ॥ अहंकारगृहीताश्च प्रक्षीणस्नेहबन्धनाः ॥ विप्राः शूद्रसमाचाराः शूद्रास्त्वाचारलक्षणाः ॥ १७ ॥ दूषकास्त्वाश्रमाणां च वर्णानां चैव संकराः ॥ अगम्यास्त्रभिरंस्यन्ते वत्स्यर्न्त्येवं कलौ युगे ॥ १८ ॥ एवं द्वादशसाहस्रं तदेकं युगमुच्यते ॥ तदेव सप्ततिगुणं मन्वन्तरमिहोच्यते ॥ १९ ॥ त्र्यर्थां चैत्र न संदेहो युगान्ते जनमेजय ॥ दिव्यं द्वादशसाहस्रं युगं तु कवयो विदुः ॥ एतत्सहस्रपर्यन्तं तदहो ब्राह्ममुच्यते ॥२०॥ ततोऽहनि गते तस्मिन्सर्वेषामेव देहिनाम् ॥ शरीरनिर्वृतिं दृष्ट्वा लोकः संहारबुद्धिमान् ॥ २१ ॥ देवतानां च सर्वेषां ब्राह्मणानां महीपते ॥ दैत्यानां दानवानां च यक्षगन्धर्वरक्षसाम् ॥ २२ ॥ देवर्षीणां ब्रह्मर्षीणां तथा राजर्षिणामपि ॥ किन्नराणामप्सरसां भुजङ्गानां तथैव च ॥ २३ ॥ पर्वतानां नदीनां च पशूनां चैव भारत ॥ तिर्यग्योनिगतानां च सत्त्वानां मृगपक्षिणाम् ॥ २४ ॥ महाभूतपतिर्देवः पञ्चभूतानि भूतकृत् ॥ जगत्संहरणार्थाय कुरुते वैशसं महत् ॥ २५ ॥ भूत्वा सूर्यश्चक्षुषी चाददानो भूत्वा वायुः संहरन्प्राणिजातम् ॥ भूत्वा वह्निर्दह्यते सर्वलोकान्मेघो भूत्वा भूय एवाभ्यवर्षत् ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पुष्करप्रादुर्भावप्रश्नोत्तरं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

सहस्र वर्षोंका एक दिव्य युग होता है। इस प्रकारके इकहत्तर युगोंका मन्वन्तर होता है ॥ १९ ॥ इस मन्वन्तरका चतुर्दशगुणित समय ब्रह्माका एक दिन होता है ॥ २० ॥ यह एक दिन पूर्ण होनेपर शंकर भगवान संहारकी कामना करके समस्त शरीरधारियोंका शरीर नष्ट कर देते हैं ॥ २१ ॥ हे महाराज! उस समय देवता, ब्राह्मण, दैत्य, दानव, यक्ष, गन्धर्व, राक्षस, देवर्षि, ब्रह्मर्षि, राजर्षि, किन्नर, अप्सरायें, उरग, पर्वत, नदी, पशु, मृग, पक्षी तथा अन्यान्य तिर्यग्योनिगत प्राणी किसीका निस्तार नहीं होता ॥ २२–२४ ॥ उस समय महाभूतपति शंकर भगवान समस्त जगत्का संहार करनेके निमित्त एक-एक करके सब कुछ नष्ट कर देते हैं ॥ २५ ॥ यहाँ तक कि महादेवजी ही सूर्य बनकर नेत्ररोध करते, वायु बनकर प्राणियोंका संहार करते, अग्नि बनकर सब कुछ भस्म कर देते और वे ही मेघके रूपमें परिणत होकर सब कुछ जलमें बहा देते हैं ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

(पुष्करके प्रादुर्भावका प्रसंग) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महायोगी नारायण सप्तमूर्ति सूर्यके रूपमें परिणत होकर अपनी प्रदीप्त किरणों द्वारा सब समुद्रोंको शुष्क करके नदी-कूप तथा पर्वतकी जलराशिका शोषण कर लेते हैं ॥१॥२॥ उस समय वे पृथिवीके हजारों टुकड़े करके उसे रसातल भेज देते और रसातलका जलस्वरूप समस्त रस पी लेते हैं ॥३॥ तदनन्तर वे अन्य रसोंकी सृष्टि करके तत्कालीन प्राणियोंको प्रदान करते हैं। फिर अन्तमें जीवोंकी सृष्टि करनी होगी, यह सोचकर भगवान सब कुछ अपने शरीरमें लय कर लेते हैं ॥४॥ वे ही भगवान वायु बनकर समस्त संसारको झकझोरते हुए क्रमशः देवताओं तथा अन्यान्य देहधारियोंकी इन्द्रियोंका संहार कर देते हैं। उस समय पाँचों इन्द्रियों तथा उनसे उत्पन्न

वैशम्पायन उवाच ॥ भूत्वा नारायणो योगी सप्तमूर्तिर्विभावसुः ॥ गभस्तिभिः प्रदीप्ताभिः संशोषयति सागरान् ॥ १ ॥ पीत्वाऽर्णवांश्च
सर्वान्स नदीकूपांश्च सर्वशः ॥ पर्वतानां च सलिलं सर्वं पीत्वा च रश्मिभिः ॥ २ ॥ भित्त्वा सहस्रशश्चैव महीं नीत्वा रसातलम् ॥ रसातलजलं
कृत्स्नं पिबते रसमुत्तमम् ॥ ३ ॥ अप्सु सृजन्क्लेदमन्यद्ददाति प्राणिनां ध्रुवम् ॥ तत्सर्वमरविन्दाक्ष आदत्ते पुरुषोत्तमः ॥ ४ ॥ वायुश्च बलवान्भूत्वा
स विधूयाखिलं जगत् ॥ प्राणोदयं सुराणां च वायुना कुरुते हरिः ॥ ततो देवगणानां च सर्वेषामेव देहिनाम् ॥ ५ ॥ ये चेन्द्रियगणाः सर्वे ये
चान्ये च यतोद्भवाः ॥ पूयं घ्राणं शरीरं च पृथिवीमाश्रिता गुणाः ॥ ६ ॥ जिह्वा रसश्च क्लेदश्च संश्रिताः सलिलं गुणाः ॥ रूपं चक्षुर्विपाकश्च
ज्योतिरेवाश्रिता गुणाः ॥ ७ ॥ स्पर्शः प्राणश्च चेष्टा च पवनं संश्रिता गुणाः ॥ परमेष्ठिनं वरेण्यं च हृषीकेशं समाश्रिताः ॥ ८ ॥ ततो भगवतस्तत्र
तत्र रश्मिभिः परिवारिताः ॥ वायुना कृष्यमाणाश्च रूपान्योन्यसमाश्रयात् ॥ ९ ॥ तेषां संघर्षजोद्भूतः पावकः शतधा ज्वलन् ॥ अदहन्निखिलाँल्लो-
कानुग्रः संवर्तकोऽनलः ॥ १० ॥ सपर्वतांस्तरून्गुल्माँल्लतावल्लीस्तृणानि च ॥ विमानानि च दिव्यानि पुराणि विविधानि च ॥ ११ ॥ आश्रमांश्च
तथा पुण्यान्दिव्यान्यायतनानि च ॥ यानि चाश्रयणीयानि तानि सर्वाणि सोऽदहत् ॥ १२ ॥ भस्मीभूतांस्ततः सर्वाँल्लोकाँल्लोकगुरुर्हरिः ॥ भूयो
निर्वापयामास जलयुक्तेन कर्मणा ॥ १३ ॥ सहस्रदृङ्महातेजा भूत्वा कृष्णो महाघनः ॥ दिव्यतोयेन हविषा तर्पयामास मेदिनीम् ॥ १४ ॥

गन्ध-घ्राण तथा शरीर आदि पार्थिवगुण पृथिवीको, रूप तथा नेत्रस्वरूप अग्नि-गुण अग्निको, जिह्वा-रस तथा क्लेद प्रभृति जलको, स्पर्श-प्राणवायु तथा अङ्गचेष्टा आदि वायुगुण वायुको अर्पित हो जाता है। इस प्रकार सभी उपयुक्त तत्त्व परमेष्ठी तथा वरेण्य विष्णुभगवानके आश्रित हो जाते हैं ॥ ५–८ ॥ तदनन्तर अन्तर्यामी भगवान अग्नि और वायुमिश्रित सभी रूपादि गुणोंको एकत्र कर देते हैं ॥ ९ ॥ उस समय रूप-गुण आदिके परस्पर संघर्षसे घोरतर अग्निका प्रादुर्भाव हो जाता है। उस अग्निका नाम है—सम्वर्तक। वह अग्नि प्रज्वलित होकर अपनी सैकड़ों लपटोंसे पर्वत, पर्वतीय वृक्ष, गुल्म, लता, तृण, दिव्य विमान, विविध नगर, पुनीत आश्रम, दिव्य स्थान तथा अन्यान्य सभी आश्रयस्थलोंको जलाकर भस्म कर देता है ॥ १०–१२ ॥ इस प्रकार तीनों लोक भस्म हो जानेपर वे सहस्राक्ष तथा तेजोमूर्ति भगवान नारायण महामेघ बनकर उमड़ आते हैं और विपुल जल बरसाकर सब लोकोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शान्त करके पृथिवीको जलरूपी हविसे तृप्त कर देते हैं ॥ १३ ॥ १४ ॥ दुग्धसदृश सुस्वादु उस पुनीत जलसे सारी पृथिवी आच्छन्न हो जाती है। उस समय पृथिवीके सभी वन, पर्वत तथा वृक्ष उस जलमें लीन हो जाते हैं और चारों ओर समुद्र ही समुद्र दिखायी देता है। वैसी परिस्थितिमें किसी जीवका किसी जीवसे सम्पर्क नहीं रह जाता। उस समय सूर्य, वायु और आकाशादि पंचमहाभूत उन महातेजस्वी प्रभुमें विलीन हो जाते हैं ॥ १५–१७ ॥ ऐसी दशामें वे अमितबुद्धि सनातन देव भगवान विष्णु सब कुछ आत्मसात् करके अनिर्वचनीय पुरातन रूप धारणपूर्वक आश्चर्ययोगका अवलम्बन करके उस महती जलराशिके ऊपर अकेले ही देदीप्यमान होते हैं ॥१८॥ इस आश्चर्ययोगके सहारे रहते हुए उनके दस हजार वर्ष व्यतीत हो जाते हैं। किन्तु कोई भी उन अव्यक्त महापुरुषको स्पष्टरूपसे नहीं जान पाता ॥ १९ ॥ राजा जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन्! आपने जिस एकार्णवकी कथाका उल्लेख किया है, सो नित्यप्रति होनेवाले प्रलयके समान क्या उसकी भी कोई निर्दिष्ट सीमा रहती है? यदि सीमा रहती है तो इस प्रकार सहज ही मुक्तिलाभका उपाय रहते हुए अन्यान्य साधनाओंकी क्या

ततः क्षीरनिकाशेन स्वादुना परमाम्भसा ॥ शिवेन पुण्येन मही निर्वाणमगमत्परम् ॥ १५ ॥ ते नगा जलसंछन्नाः पयसः सर्वतोधराः ॥ एकार्णवजला भूत्वा सर्वसत्त्वविवर्जिताः ॥ १६ ॥ महाभूतान्यपि च तं प्रविष्टान्यमितौजसम् ॥ नष्टार्कपवनाकाशे सूक्ष्मे जनविवर्जिते ॥ १७ ॥ संशोषयित्वा पीत्वा च वसत्येकः सनातनः ॥ पौराणं रूपमास्थाय किमप्यमितबुद्धिमान् ॥ १८ ॥ एकार्णवजले ह्यासीद्योगी योगमुपागतः ॥ अयुतानां सहस्राणि गतान्येकार्णवेऽम्भसि ॥ न चैनं कश्चिदव्यक्तं व्यक्तं वेदितुमर्हति ॥ १९ ॥ जनमेजय उवाच ॥ एकार्णवविधिः कोऽयं यश्चैव परिकीर्तितः ॥ क एष पुरुषो नाम किंयोगः कश्च योगवान् ॥ २० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतावन्तमसौ कालमेकार्णवविधिं प्रति ॥ करिष्यतीमं भगवानिति कश्चिन्न बुध्यते ॥ २१ ॥ न वै माता न च द्रष्टा न ज्ञाता नैव पार्श्वगः ॥ ततोऽवज्ञायते कश्चिद्दृते तं देवमीश्वरम् ॥ २२ ॥ नमः क्षितिं पवनमथ प्रकाशयन्प्रजापतिं भुवनचरं सुरेश्वरम् ॥ पितामहं श्रुतिनिलयं महामुनिं शशास भूः शयनमरोचयत्प्रभुः ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पुष्करप्रादुर्भावे नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवमेकार्णवीभूते शेते लोके महाद्युतिः ॥ प्रच्छाद्य सलिलं सर्वं हरिर्नारायणः प्रभुः ॥ १ ॥ महतो रजसो मध्ये

आवश्यकता? और वे परम पुरुष ही कौन हैं? वह एकार्णवयोग कैसा होता है और उस समय योगी कौन रहता है? ॥ २० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान नारायणकी एकार्णवव्यवस्थाका कोई निश्चित समय नहीं रहता। क्योंकि उनका परिमाण करनेवाला कोई नहीं है। माता, द्रष्टा, ज्ञाता और उनका पार्श्ववर्ती भी कोई नहीं होता। ऐसी परिस्थितिमें उन नित्यदेवको उनके सिवाय और कौन जान सकता है? ॥ २१ ॥ २२ ॥ उस समय आकाश, पृथिवी, पवन, भुवनव्यापी सुरेश्वर, वेदोंके आधार तथा पितामह महामुनिपर शासन करते हुए वे शयन करते हैं ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार समस्त जगत्के जलमग्न हो जानेपर वे परम प्रभु नारायण सब कुछ जलसे आच्छन्न करके समुद्र सदृश कर्मफलस्वरूप देहादि बन्धनोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बीच शयन करते हैं ॥ १ ॥ किन्तु वे स्वयं देहादि धर्मोंसे रहित रहते हैं। अतएव ब्राह्मणगण वाक्यरूपी अक्षर ब्रह्म कहकर उनका निर्देश करते हैं ॥२॥ जब वे आत्मप्रकाशक तपस्याका अवलम्बन करके त्रिकालव्यापिनी निद्राका आनन्द लेते हैं, उस समय उन्हें अपने स्वरूपका कुछ भी ज्ञान नहीं रह जाता ॥ ३ ॥ वे परम प्रभु पुरुष, पुरुषोत्तम, यज्ञ और ज्ञानस्वरूप हैं। हे महाराज ! पूर्वकालमें जो ब्रह्मपरायण एवं राग-द्वेषशून्य ऋत्विग्गण यज्ञके निमित्त उनके शरीरसे उत्पन्न हुए थे, अब मैं उनके नाम बताता हूँ। सुनिए—॥४॥५॥ उन भगवानने पहले ब्रह्मा, उद्गाता, होता अध्वर्युको मुखसे, ब्राह्मण्यप्रतिपादक प्रस्तोता, मैत्रावरुण एवं प्रतिप्रस्थाताको बाहुसे, प्रतिहर्ता तथा पोताको उदरसे, अध्यापक तथा नेता ऊरुसे, आग्नीध्र तथा सुब्रह्मण्यको हाथसे एवं ग्रावस्तोता और उन्नेताको बाहुओंसे उत्पन्न किया ॥ ६–९ ॥ ये सभी ऋत्विग्गण वेदवक्ता, याज्ञिक और अति उत्कृष्ट ब्राह्मण थे। यथाक्रम ये ऋत्विक् प्रणव, अर्थभावना, सत्योक्ति, प्राणजप, पूर्वस्मृति, आचार, अपानविजय, भावी दुःखोंकी विस्मृति, ईश्वरपूजा, दान, योगोत्साह, सात्त्विकी श्रद्धा, वेदान्तश्रवण, इन्द्रियशौर्य, तितिक्षा एवं योग-

महार्णवसमस्य वै ॥ विरजस्को महाबाहुरक्षरं ब्रह्म यं विदुः ॥ २ ॥ आत्मरूपप्रकाशेन तपसा संवृतः प्रभुः ॥ त्रिकमास्थाय कालं तु ततः सुष्वाप
सोऽव्ययः ॥ ३ ॥ पुरुषो यज्ञ इत्येवं यत्परं परिकीर्तितम् ॥ यच्चान्यत्पुरुषाख्यं स्यात्सर्वं तत्पुरुषोत्तमः ॥ ४ ॥ ये च यज्ञपरा विप्रा ऋत्विजा इति
संज्ञिताः ॥ आत्मदेहात्पुराभूता यज्ञेभ्यः श्रूयतां तदा ॥ ५ ॥ ब्रह्माणं परमं वक्त्रादुद्गातारं च सामगम् ॥ होतारमथ चाध्वर्युं बाहुभ्यामसृजत्प्रभुः
॥ ६ ॥ ब्राह्मणो ब्राह्मणत्वाच्च संप्रस्तारं च सर्वशः ॥ तन्मित्रं वरुणं सृष्ट्वा प्रतिष्ठातारमेव च ॥ ७ ॥ उदरात्प्रतिहर्तारं पोतारं चैव भारत ॥ अच्छा-
वाकं मनोरूभ्यां नेष्टारं चैव भारत ॥ ८ ॥ पाणिभ्यामथ चाग्नीध्रं सुब्रह्मण्यं च यज्ञियम् ॥ ग्रावाणमथ बाहुभ्यामुन्नेतारं च याज्ञिकम् ॥ ९ ॥ एव-
मेवैष भगवान्षोडशैताञ्जगत्पतिः ॥ प्रवक्तॄन्सर्वयज्ञानामृत्विजोऽसृजदुत्तमान् ॥ १० ॥ तदेष वै वेदमयः पुरुषो यज्ञसंमितः ॥ वेदाश्च तन्मयाः सर्वे
साङ्गोपनिषदक्रियाः ॥ ११ ॥ स्वपित्येकार्णवे चैव यदाश्चर्यमभूत्तदा ॥ श्रूयते तद्यथा वृत्तं मार्कण्डेयो यदन्वभूत् ॥ १२ ॥ जीर्णो भगवतस्तस्य कुक्षा-
वेव महामुनिः ॥ बहुवर्षसहस्रायुस्तस्यैव वरतेजसा ॥ १३ ॥ इति तीर्थप्रसङ्गेन पृथिवीतीर्थगोचरः ॥ आश्रमानपि पुण्यांश्च तीर्थान्यायतनानि च ॥ १४ ॥
देशान्राष्ट्राणि चित्राणि पुराणि विविधानि च ॥ जपहोमरतः क्षान्तस्तपो घोरं समाश्रितः ॥ १५ ॥ मार्कण्डेयस्ततस्तस्य शनैर्वक्त्राद्विनिःसृतः ॥

ज्ञान, इन सोलह प्रकारके कार्योंमें दीक्षित होनेके अधिकारी थे। सुतरां एकमात्र वेदके द्वारा ही वे सृष्टिकर्ता परम प्रभु प्राप्त किये जा सकते हैं। उनके परिमाणके ज्ञानका उपाय केवल यज्ञ हैं। जिस प्रकार भगवान वेदमय हैं, उसी प्रकार वेद भी ईश्वरमय हैं। वेदाङ्ग, उपनिषद् तथा समस्त वैदिक कार्य ईश्वरस्वरूप हैं ॥ १० ॥ ११ ॥ उस समय उनके एकार्णवमें शयन करनेपर जो आश्चर्यजनक घटना घटी थी, अब उसे बता रहा हूँ। सुनिए—सप्तकल्पजीवी महामुनि मार्कण्डेय कल्पान्तके समय भगवानके उदरमें निवास करते थे। मुनिराजको इतनी लम्बी आयु भगवानकी अनुकम्पासे ही प्राप्त हुई थी ॥१२॥१३॥ एक बार तीर्थयात्राके प्रसङ्गमें मार्कण्डेय क्षीरसागरशायी नारायणके उदरमें ही स्थित अनेक पुनीत आश्रम, पुण्यतीर्थ, विविध देश, बहुतेरे राज्यों और मनोहर नगरोंमें भ्रमण करनेके बाद जप-होममें निरत होकर वे कठोर तप करने लगे ॥१४॥१५॥ तदनन्तर जिस समय वे उन भगवान नारायणके मुखविवरसे बाहर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निकले तो भगवानकी मायासे उन्हें कुछ भी नहीं ज्ञात हुआ ॥१६॥ प्रभुके मुखसे बाहर निकलते ही मार्कण्डेयने देखा कि सब कुछ जलाकीर्ण है और चारों ओर घोर अन्धकार छाया हुआ है ॥१७॥ यह देखकर उनके मनमें भयका संचार हो गया और उन्हें अपना जीवन भी संकटापन्न दिखायी पड़ा। तत्पश्चात् क्षीरसागरशायी भगवानको देखकर वे बहुत हर्षित और विस्मित हुए ॥१८॥ तब मध्यस्थ वृत्तिका अवलम्बन करके वे मन ही मन सोचने लगे कि मुझे मोह हो गया है, स्वप्न देख रहा हूँ अथवा मेरे मनमें ही कोई विकार उत्पन्न हो गया है। क्योंकि इस प्रकार अयौक्तिक और असंगत बात कभी सत्य हो नहीं सकती ॥१९॥२०॥ यहाँ तो सूर्य, चन्द्र, वायु, पर्वत तथा पृथिवी कुछ भी नहीं दिखायी देता। तब यह आखिर कौन-सा लोक है? बहुत देरतक विचार करनेके बाद उन्होंने देखा कि बीच समुद्रमें सजल जलधरके सदृश श्यामवर्ण तथा परमतेजस्वी कलेवरसम्पन्न एक पर्वताकार प्रकाण्ड पुरुष शयन कर रहा है ॥२१॥२२॥

निष्कामन्तं न चात्मानं जानीते देवमायया ॥ १६ ॥ निष्क्रान्तस्तस्य वदनादेकार्णवमथो गतः ॥ सर्वतस्तमसाच्छन्नं मार्कण्डेयो निरीक्षते ॥ १७ ॥
तस्योत्पन्नं भयं तीव्रं संशयश्चात्मजीविते ॥ देवदर्शनसंहृष्टो विस्मयं चागमत्परम् ॥ १८ ॥ संचिन्तयति मध्यस्थो मार्कण्डेयोऽतिशङ्कितः ॥ किंस्विद्बु-
वेदियं चिन्ता मोहः स्वप्नोऽनुभूयते ॥ १९ ॥ व्यक्तमन्यतमो भावो ह्येतेषां भविता मम ॥ न हीदृशमसंक्लिष्टमयुक्तं सत्यमर्हति ॥ २० ॥ नष्टच-
न्द्रार्कपवने छन्नपर्वतभूतले ॥ कतमः स्यादयं लोको इति चिन्ताव्यवस्थितः ॥ २१ ॥ अपश्यच्चापि पुरुषं शयानं पर्वतोपमम् ॥ तोयाढ्यमिव जीमूतं
मध्ये मग्नं महार्णवे ॥ २२ ॥ तपन्तमिव तेजोभिर्भास्वन्तमिव वर्चसा ॥ जाग्रन्तमिव गाम्भीर्याच्छ्वसन्तमिव पन्नगम् ॥ २३ ॥ स देवं प्रष्टुमायाति
को भवानिति विस्मयात् ॥ तथैव च शनैर्भूयो मुनिः कुक्षिं प्रवेशितः ॥ २४ ॥ स प्रविष्टः पुनः कुक्षौ मार्कण्डेयः सुनिश्चितः ॥ तथैव चरते भूयो
विजानन्स्वप्नदर्शनम् ॥ २५ ॥ स तथैव यथापूर्वं पृथिवीमटते पुनः ॥ पुण्यतीर्थानि पूतानि निरैक्षद्दिवि भूतले ॥ २६ ॥ क्रतुभिर्यजमानांश्च समा-
प्तवरदक्षिणैः ॥ पश्यते देवकुक्षिस्थान्यज्ञियाञ्छतशो द्विजान् ॥ २७ ॥ सद्वृत्तमाश्रिताः सर्वे वर्णा ब्राह्मणपूर्वकाः ॥ चत्वारश्चाश्रमाः सम्यग्यथोद्दि-
ष्टपदानुगाः ॥ २८ ॥ वर्षाणां शतसाहस्रं मार्कण्डेयो महामुनिः ॥ विचरन्पृथिवीं कृत्स्नां न च कुक्ष्यन्तमैक्षत ॥ २९ ॥ ततः कदाचिदथ वै पुनर्वं-

उस महापुरुषकी शारीरिक कान्तिसे सब कुछ प्रकाशित हो रहा है। उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो वह गाम्भीर्य गुणका अवलम्बन करके विशालकाय सर्पके समान निःश्वास त्याग रहा है ॥२३॥ वह रूप देखकर बड़े ही विस्मित भावसे मुनिराज मार्कण्डेय यह पूछनेके लिए कि 'आप कौन हैं' उनके समीप पहुँचे। किन्तु उस परम पुरुषके समीप पहुँचते ही वे उसके उदरमें समा गये ॥२४॥ भीतर पहुँचकर वे फिर पहलेकी ही तरह पृथिवीपर पर्यटन करने लगे। अबतककी घटनाओंको उन्होंने स्वप्नदर्शन समझ लिया था ॥२५॥ भगवानके उदरमें विभिन्न तीर्थोंका पर्यटन करते हुए उन्होंने देखा कि यजमान ब्राह्मणोंको विपुल दक्षिणा दे-देकर सैकड़ों यज्ञ समाप्त कर चुके हैं ॥ २६ ॥ २७ ॥ ब्राह्मणादि चारों वर्णोंके लोग अपने-अपने धर्मका पालन करते हुए सानन्द रह रहे हैं। चारों आश्रमवालोंके कार्य भी उचित रीतिसे सम्पन्न हो रहे हैं ॥२८॥ इस प्रकार मुनिवर मार्कण्डेय सौ हजार वर्ष पृथिवीपर्यटन करते हुए भ्रमण करते रहे;

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किन्तु भगवानके उदरविस्तारका अन्त नहीं पा सके ॥ २९ ॥ तदनन्तर कुछ समय बाद वे पुनः उनके मुखसे बाहर निकले। बाहर आकर उन्होंने देखा कि एक बालक वटवृक्षकी शाखापर सो रहा है ॥ ३० ॥ वहाँ और किसी भी जीवका दर्शन नहीं हो रहा था। सब कुछ एकार्णवमें छिपा पड़ा था और चारों ओर बर्फ जमी हुई थी ॥ ३१ ॥ महामुनि मार्कण्डेय एकाकी थे। अतएव उनके मनमें भय उत्पन्न हो गया। जिससे वे उस सूर्यसदृश तेजस्वी बालकके निकट जानेका साहस नहीं कर सके ॥ ३२ ॥ तब वे उस सलिलराशिके एक प्रदेशमें स्थित होकर सशंक चित्तसे सोचने लगे कि इसके पहले मैंने जिसे देखा था, यह वही है या और कोई ? उस समय चारों ओर अगाध और निस्तब्ध जलराशि विद्यमान थी। अकेले मार्कण्डेय महामुनि उसमें तैर रहे थे। अतएव अत्यन्त श्रम तथा भयके कारण किसी तरह उनके मनको शान्ति नहीं प्राप्त हो रही थी ॥३३॥३४॥ हे महाराज! हंसस्वरूप भगवान नारायणने ही अपने योगबलसे इस प्रकार बालकका रूप धारण कर रक्खा था। कुछ काल बाद मेघसदृश गम्भीर वाणीमें बालरूपधारी भगवान बोले—वत्स मार्कण्डेय! डरो मत। तुम अभी

क्त्राद्विनिःसृतः ॥ सुप्तं न्यग्रोधशाखायां बालमेकं निरीक्षते ॥ ३० ॥ यथा चैकार्णवजले नीहारेण वृतान्तरे ॥ अव्यक्तभीषणे लोके सर्वभूतविवर्जिते ॥ ३१ ॥ स भूयो विस्मयाविष्टः कौतूहलसमन्वितः ॥ बालमादित्यसंकाशं न शक्नोत्युपसर्पितुम् ॥ ३२ ॥ सोऽचिन्तयदथैकान्ते स्थित्वा सलिलसन्निधौ ॥ पूर्वदृष्टमिदं नेति शङ्कितो देवमायया ॥ ३३ ॥ अगाधे सलिलस्तब्धे मार्कण्डेयः प्लवन्मुनिः ॥ न शान्ति लभते तत्र श्रमात्संत्रस्तविक्लवः ॥ ३४ ॥ तथैव भगवान्हंसो गतो योगेन बालताम् ॥ बभाषे मेघतुल्येन स्वरेण पुरुषोत्तमः ॥ ३५ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ माभैर्वत्स न भेतव्यमिहैवायाहि चान्तिकम् ॥ मार्कण्डेय मुने धीर बालस्त्वं श्रमपीडितः ॥ ३६ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ को मां नाम्ना कीर्तयते तपः परिभवन्मम ॥ बहुवर्षसहस्रायुर्द्धर्षयंश्चैव मे वयः ॥ ३७ ॥ न ह्येष समुदाचारो देवेष्वपि समाहितः ॥ मां ब्रह्मापि स विश्वेशो दीर्घायुरिति भाषते ॥ ३८ ॥ कस्तपो घोरशिरसो ममाद्य त्यक्तजीवितः ॥ मार्कण्डेयेति मां प्रोक्त्वा मृत्युमीक्षितुमिच्छति ॥ ३९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमाभाषते क्रोधान्मार्कण्डेयो महामुनिः ॥ अथैनं भगवान्भूयो बभाषे तत्परायणम् ॥४०॥ श्रीभगवानुवाच ॥ अहं ते जनको वत्स हृषीकेशः पिता गुरुः ॥ आयुःप्रदाता पौराणः किमर्थं नोपसर्पसे ॥ ४१ ॥ मां पुत्रकामः प्रथमं पिता ते ह्यङ्गिरा मुनिः ॥ पूर्वमाराधयामास तपस्तीव्रमुपाश्रितः ॥ ४२ ॥ ततस्त्वां घोरशिरसं

बालक हो और बहुत थक गये हो। अतएव मेरे पास आओ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ मुनि मार्कण्डेय बोले—मैंने अपने जीवनके कितने ही सहस्र वर्षका जीवन व्यतीत किया। मेरे असाधारण तपके प्रभावको तुच्छ करके किसने मेरा नाम लेकर पुकारा ? ॥ ३७ ॥ जब कि विश्वविधाता ब्रह्मा भी मुझे दीर्घायु कहते हैं, ऐसी दशामें देवता भी मेरे साथ इस प्रकारकी धृष्टता नहीं कर सकते ॥ ३८ ॥ मुझसे भी अधिक दीर्घजीवी कौन व्यक्ति मेरी तपस्याका तिरस्कार करता हुआ 'मार्कण्डेय'के नामसे सम्बोधित करके मृत्युके मुखमें जाना चाहता है ? ॥ ३९ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! क्रोधपूर्वक महामुनि मार्कण्डेयके ऐसा कहनेपर भगवान नारायणने उन्हें फिर सम्बोधित करके कहा ॥ ४० ॥ भगवान बोले—वत्स ! मैं पुरातन पुरुष नारायण तुम्हारा जन्मदाता पिता और आयुदाता गुरु हूँ। तब तुम मेरे पास क्यों नहीं आते ? ॥ ४१ ॥ तुम्हारे पिता महर्षि अङ्गिराने पुत्रकी कामनासे कठोर तपस्या करते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए मेरी आराधना की थी ॥ ४२ ॥ इसी कारण मैंने तुम्हें अग्नितुल्य तेजस्वी, घोरतर तपस्वी, महर्षि और दीर्घायु बना दिया था ॥ ४३ ॥ इसलिए जब योगावलम्बनपूर्वक क्रीडाके बहाने मैं एकार्णवमें शयन कर रहा हूँ । इस समय मेरी आत्मासे उत्पन्न व्यक्तिके सिवाय अन्य कोई भी प्राणी मेरा दर्शन करनेका साहस नहीं कर सकता ॥४४॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! यह वाक्य सुनकर महातपा, लोकपूजित तथा दीर्घजीवी महामुनि मार्कण्डेयने विस्मयविकसित नेत्रोंसे उन्हें निहारते हुए मस्तकपर अंजलि बाँधकर अवनतभावसे प्रणाम किया और कहने लगे—॥४५॥४६॥ हे भगवन् ! यह तो मैं देख रहा हूँ कि समुद्रके सिवाय और कुछ भी नहीं है। एकमात्र आप ही बालकके वेशमें यहाँ शयन कर रहे हैं। अतएव मैं यह जानना चाहता हूँ कि आप संसारमें किस नामसे प्रसिद्ध हैं ? मुझे तो ऐसा लगता है कि आप कोई अचिन्त्य विभूति हैं । जो हो, मैं आपसे ही आपकी महामायाके विषयमें जानकारी प्राप्त करना

दहनोपमतेजसम् ॥ दत्तवानहमात्मेष्टं महर्षिममितायुषम् ॥ ४३ ॥ तत्र नोत्सहते चान्यो यो न भूतो ममात्मकः ॥ द्रष्टुमेकार्णवगतं क्रीडन्तं योगधर्मिणम् ॥ ४४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रसन्नवदनो विस्मयोत्फुल्ललोचनः ॥ मूर्ध्नि बद्धाञ्जलिपुटो मार्कण्डेयो महातपाः ॥ ४५ ॥ नामगोत्रे ततः श्रुत्वा दीर्घायुर्लोकपूजितः ॥ अथाकरोन्नमस्कारं प्रणतः शिरसा प्रभुम् ॥ ४६ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ इच्छेऽहं तत्त्वतो मायामिमां ज्ञातुं तवानघ ॥ यदेकार्णवमध्यस्थः शेषे त्वं बालरूपवान् ॥ ४७ ॥ किंसंज्ञः कश्च भगवाँल्लोके विज्ञायसेऽनघ ॥ तर्कये त्वां महाभूतं न भूतमिह तिष्ठति ॥ ४८ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ अहं नारायणो ब्रह्मा संभवः सर्वदेहिनाम् ॥ सर्वभूतोद्भवकरः सर्वभूतविनाशनः ॥ ४९ ॥ अहमैन्द्रे पदे शक्र ऋतूनामपि वत्सरः ॥ अहं युगे युगाध्यक्षो युगस्यावर्त्त एव च ॥ ५० ॥ अहं सर्वाणि सत्त्वानि दैवतान्यखिलानि च ॥ भुजगानामहं शेषस्तार्क्ष्योऽहं सर्वपक्षिणाम् ॥ ५१ ॥ अहं सहस्रशीर्षा द्यौर्यः पदैरभिसंवृतः ॥ आदित्यो यज्ञपुरुषो देवो यज्ञमयो मखः ॥ अहमग्निर्हव्यवाहो यादसां पतिरव्ययः ॥ ५२ ॥ यत्पृथिव्यां द्विजेन्द्राणां तपसा भावितात्मनाश्च ॥ बहुजन्मनिरुद्धात्मा ब्राह्मणो यतिरुच्यते ॥ ५३ ॥ ज्ञानत्वान्दृष्टविश्वात्मा योगिनां योगवित्तमः ॥ कृतान्तः सर्वभूतानां विश्वेषां कालसंज्ञितः ॥ ५४ ॥ अहं कर्म क्रिया जीवः सर्वेषां धर्मदर्शनः ॥ निष्क्रियः सर्वभूतेषु स्वात्मज्योतिः

चाहता हूँ ॥४७॥४८॥ यह सुनकर भगवान बोले—हे मार्कण्डेय ! मैं ही नारायण और मैं ही ब्रह्मा हूँ । मेरे ही द्वारा सब जीवोंको उत्पत्ति तथा सबका संहार होता है ॥ ४९॥ जब मैं इन्द्रपदपर रहता हूँ, तब लोग मुझे शक्र कहते हैं । मैं ऋतुओंके लिए वर्षस्वरूप हूँ । मैं ही युग, युगाध्यक्ष, युगावर्त, सर्वजीव तथा समस्त देवता हूँ । मैं सर्पोंमें शेषनाग और पक्षियोंमें गरुड़ हूँ ॥५०॥५१॥ मैं सहस्रशीर्ष, सहस्रपाद, आदित्य, यज्ञपुरुष तथा देवयज्ञ हूँ । मैं ही हुतभोजी अग्नि एवं अविनाशी समुद्र हूँ ॥ ५२ ॥ जितने बड़े-बड़े ब्राह्मण तपस्या करके विख्यात हुए हैं, जिनके जन्मबन्धन सर्वथा नष्ट हो चुके हैं और जिन्होंने आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया है, वह ज्ञान ब्रह्माके अतिरिक्त पदार्थ है। मैं उसी ज्ञानका साक्षात् स्वरूप हूँ । मैं अपने द्वारा रचित समस्त विश्वका पर्यवेक्षण करता हूँ । मैं योगियोंमें प्रधान योगी हूँ । मैं सब प्राणियोंके लिए यमराज और समस्त विश्वके लिए कालस्वरूप हूँ ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ मैं ही कर्म,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्रिया और जीव हूँ। मेरे द्वारा ही सब धर्मोंका साधन होता है। ऐसा होते हुए भी मैं सब प्राणियोंके कर्मसे अतीत तथा सनातन आत्मज्योति हूँ॥ ५५॥ मेरा कोई पिता नहीं है। मैं अपने आपसे जन्म लेता हूँ तथा सनातन आत्मज्योति हूँ। मैं नित्य और प्रधान पुरुष हूँ। मेरा आदि नहीं है। मैं सभी आश्रमियोंका धर्म और तप हूँ॥ ५६॥ मैं क्षीरसागरका हयग्रीव देवता हूँ। मैं ऋत, सत्य और प्रधान प्रजापति हूँ॥ ५७॥ मैं सांख्य, योग और परम पद हूँ। संसारी लोग मुझे ही प्रसन्न करनेके लिए यज्ञ करते हैं। मैं ही भव तथा विद्याधिपति हूँ॥ ५८॥ मैं ही ज्योति, वायु, पृथिवी, आकाश, जल, समुद्र, नक्षत्र, दस दिशा, संवत्सर, चन्द्रमा, मेघ और सूर्य हूँ॥ ५९॥ मैं ही क्षीरसागर और मैं ही वड़वानल हूँ। मैं ही सम्वर्तक अग्निका रूप धारण करके समस्त हविर्मय जल पी लेता हूँ॥ ६०॥ मैं पुरातन पुरुष हूँ। भूत, भविष्य और वर्तमान ये तीनों काल मुझसे ही उत्पन्न होते हैं॥ ६१॥

सनातनः॥ ५५॥ प्रधानं पुरुषो देवोऽहमाद्यस्त्वक्षयोऽव्ययः॥ अहं धर्मस्तपश्चाहं सर्वाश्रमनिवासिनाम्॥ ५६॥ अहं हयशिरो देवः क्षीरोदे यो महार्णवे॥ ऋतं सत्यं च परममहमेकः प्रजापतिः॥ ५७॥ अहं सांख्यमहं योगमहं तत्परमं पदम्॥ अहमिज्यो भवश्चाहमहं विद्याधिपः स्मृतः॥ ५८॥ अहं ज्योतिरहं वायुरहं भूमिरहं नभः॥ अहमापः समुद्राश्च नक्षत्राणि दिशो दश॥ अहं वर्षमहं सोमः पर्जन्योऽहमहं रविः॥ ५९॥ क्षीरोदः सागरश्चाहं समुद्रो वडवामुखः॥ वह्निः संवर्तको भूत्वा पिबंस्तोयमहं रविः॥ ६०॥ अहं पुराणं परमं तथैवेह परायणम्॥ अहं भूतस्य भव्यस्य वर्तमानस्य संभवः॥ ६१॥ यत्किञ्चित्पश्यसे चैव यच्छृणोषि च किंचन॥ यच्चानुभवसे लोके तत्सर्वं मामकं स्मृतम्॥ ६२॥ विश्वं सृष्टं मया पूर्वं सृजेयं चाद्य पश्य माम्॥ युगे युगे च स्रक्ष्यामि मार्कण्डेयाखिलं जगत्॥ ६३॥ तदेतदखिलं सर्वं मार्कण्डेयावधारय॥ शुश्रूषुर्मम धर्मेप्सुः कुक्षौ चर सुखी भव॥ ६४॥ मम ब्रह्मा शरीरस्थो देवाश्च ऋषिभिः सह॥ व्यक्तमव्यक्तयोगं मामवगच्छापराजितम्॥ ६५॥ अहमेवाक्षरो मन्त्रस्त्र्यक्षरश्चैव सर्वशः॥ त्रिपदश्चैव परमस्त्रिवर्गार्थनिदर्शनः॥६६॥ वैशम्पायन उवाच॥ एवमेतत्पुराणेषु वेदान्ते च महामुनिः॥ वक्त्रे व्याहृतवानाशु मार्कण्डेयं महामुनिम्॥ ६७॥ प्रवेशयामास ततो जठरं विश्वरूपधृक्॥ ततो भगवतः कुक्षिं प्रविष्टो मुनिसत्तमः॥ रराम सुखमासाद्य शुश्रूषुर्हं-

हे वत्स! तुम जो देखते, सुनते और अनुभव करते हो, वह सब मुझसे उत्पन्न हुए हैं॥ ६२॥ मैंने ही इस विश्वकी सृष्टि की थी और आगे चलकर युग-युगमें मैं ही विश्वकी पुनः सृष्टि करूँगा॥ ६३॥ हे मार्कण्डेय! यह समस्त ब्रह्माण्ड मेरा ही है। अब तुम सेवार्थी तथा धर्मार्थी होकर मेरी कोखमें विचरो। ऐसा करनेसे तुम सुखी होओगे॥ ६४॥ ब्रह्मा, सब देवता और ऋषिगण ये सभी मेरे शरीरमें निवास करते हैं। मैं ही स्थूल, सूक्ष्म, अपराजित, एकाक्षर तथा त्र्यक्षर मन्त्र, त्रिपाद गायत्री, अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष इस चतुर्वर्गका निदर्शन हूँ॥ ६५॥ ६६॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! नारायणने मार्कण्डेयसे जो कुछ कहा था, सो महामुनि वेदव्यासने उन्हीं वेदान्तवाक्योंकी पुराणोंमें सन्निविष्ट कर दिया है॥ ६७॥ तदनन्तर विश्वरूपधारी भगवानने मार्कण्डेय मुनिको फिर अपने मुखमें प्रविष्ट कर लिया। वे मुनिवर उन परम हंसकी आराधना करनेके लिए उनके उदरमें प्रविष्ट होकर अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समाधिबलसे परम आनन्दका अनुभव करने लगे ॥ ६८ ॥ हे महाराज ! वे परमहंसनामके महाप्रभु समय-समयपर विविध अविनाशी रूप धारण करते हैं। इस जगत् तथा सूर्य-चन्द्र आदिके प्रत्ययकालीन एकार्णव समुद्रमें डूब जानेपर वे फिर क्रम-क्रमसे सबकी सृष्टि करके उसमें विचरण करने लगते हैं ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

(नारायणकी नाभिसे कमलकी उत्पत्ति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! श्रीविष्णुभगवान आपव नामक महर्षि होकर कुम्भसम्भूत अपने वसिष्ठरूपको छिपाते हुए तप करने लगे ॥ १ ॥ इस प्रकार देहाच्छादनके अनन्तर अनन्तशक्तिसम्पन्न ईश्वररूप धारण करके संसारकी उपकरणसामग्री आकाशादि पंच महायज्ञोंकी सृष्टिके विषयमें विचार करने लगे ॥ २ ॥ उस समय समस्त जगत् जलसे पूर्ण, कठिनाईसे देखने योग्य और नितान्त दुर्गम था। सो उन्होंने अपने तपोबलसे अहङ्कारतत्त्वको परिवर्धित एवं महार्णवको कुछ क्षुब्ध कर दिया।

समव्ययम् ॥६८॥ तदक्षरं विविधमथाश्रितो वपुर्महार्णवे व्यपगतचन्द्रभास्करे ॥ शनैश्चरन्प्रभुरपि हंससंज्ञितोऽसृजज्जगद्विसृजति कालपर्यये ॥६९॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ आपवः स विभुर्भूत्वा कारयामास वै तपः ॥ छादयित्वात्मनो देहमात्मना कुम्भसंभवः ॥ १ ॥ ततो महात्माऽतिबलो मतिं लोकस्य सर्जने ॥ महतां पञ्चभूतानां विश्वभूतो व्यचिन्तयत् ॥ २ ॥ तस्य चिन्तयतस्तत्र तपसा भावितात्मनः ॥ निराकाशे तोयमये सूक्ष्मे जगति गह्वरे ॥ ३ ॥ ईषत्संक्षोभयामास सोऽर्णवं सलिले स्थितः ॥ सोऽनन्तरोमिणा सूक्ष्ममथ छिद्रमभूत्तदा ॥ ४ ॥ तत्र शब्दगतिर्भूत्वा मारुतद्रवसंभवः ॥ स लब्ध्वाऽन्तरमक्षोभ्यो व्यवर्द्धत समीरणः ॥ ५ ॥ विवर्द्धता बलवता तेन संक्षोभितोऽर्णवः ॥ अन्योन्यवेगाभिहता ममन्थुश्चोर्मयो भृशम् ॥ ६ ॥ महार्णवस्य क्षुब्धस्य तस्मिन्नम्भसि मथ्यति ॥ कृष्णवर्त्मा समभवत्प्रभुर्वैश्वानरोऽर्चिमान् ॥ ७ ॥ तत्र संशोषयामास पावकः सलिलं बहु ॥ क्षयाज्जलनिधेश्छिद्रमभवन्निःसृतं नभः ॥ ८ ॥ आत्मतेजोद्भवाः पुण्या आपोऽमृतरसोपमाः ॥ आकाशं छिद्रसंभूतं वायुराकाशसंभवः ॥ ९ ॥ आज्यसंघर्षणोद्भूतं पावकं चाज्यसंभवम् ॥ दृष्ट्वा प्रीतियुतो देवो महाभूतादिभावनः ॥ १० ॥ दृष्ट्वा भूतानि भगवाँल्लोकसृष्ट्यर्थंतत्त्व-

उस विक्षोभसे एक अत्यन्त सूक्ष्म छिद्रस्वरूप द्वार बन गया, वह सूक्ष्म छिद्र ही आकाशके रूपमें परिणत हो गया ॥ ३ ॥ ४ ॥ तदनन्तर भगवान शब्दमय स्वरूप धारण करके उस छिद्रमें प्रविष्ट हो गये। वह अक्षोभ्य शब्दमय रूप ही वायु था। सो भगवान वायुका रूप धारण करके बढ़ने लगे ॥ ५ ॥ इस प्रकार आकाश और वायु इन दोनोंके दबावसे समुद्र अत्यधिक क्षुब्ध हो उठा और उसकी तरंगें बहुत ऊँची उठने लगीं ॥ ६ ॥ उस महासमुद्रके संक्षोभवश उसकी जलराशि मथित हो उठी, जिससे ईश्वर स्वयं भयानक शिखायुक्त अग्निके रूपमें परिणत हो गये ॥७॥ वह अग्नि उस समुद्रके जलका शोषण करने लगा। समुद्र शुष्क होनेके कारण धीरे-धीरे समुद्रकी गहराई विस्तृत होने लगी और आकाश बढ़ने लगा ॥८॥ फलतः ईश्वरने सर्वप्रथम अमृतरससदृश पवित्र जलकी सृष्टि करके उससे आकाश, आकाशसे वायु एवं वायु, आकाश और जल इन तीनोंके संघर्षसे पृथिवी तथा अग्निकी सृष्टि की। सृष्टि-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रयोजनके अभिज्ञ भगवान नारायण उन पंचमहाभूतोंको देखकर बहुत प्रसन्न हुए और लोकसृष्टिके मूल कारण ब्रह्माजीके जन्मके विषयमें विचार करने लगे ॥ ९–११ ॥ पूर्वकालमें जो तपःपूत ब्राह्मणोंके मध्य श्रेष्ठ कहलाते थे। जो ज्ञानवान् थे और जो समस्त विश्वकी आत्माको अपने नेत्रोंसे देखते थे। योगवित् जगदीश्वरने उन ऐश्वर्यवान्, पराक्रमी तथा सबके उपास्य ब्राह्मणोंको वेद एवं जगत्की धाराके रक्षार्थ ब्रह्मपदपर नियुक्त किया ॥ १२–१४ ॥ इस प्रकार ब्रह्माकी नियुक्ति करके भगवान उस महासमुद्रमें निश्चिन्त भावसे रहने लगे। इधर ब्रह्माजी कभी जीवसृष्टिसम्बन्धी कार्योंमें व्यग्र हो जाते और कभी निश्चिन्त होकर आनन्दित होते थे ॥ १५ ॥ इसी समय भगवानने अपने नाभिदेशसे एक स्वर्णमय कमल उत्पन्न किया। उस कमलकी प्रभा प्रज्वलित अग्निशिखा तथा शरत्कालीन सूर्यके सदृश प्रकाशपूर्ण थी। उस कमलमें सहस्र पंखुड़ियाँ थीं। उसकी सुगन्धि बड़ी ही मनोहारिणी थी। उसमें धूल-गर्दका

वित् ॥ ब्रह्मणो जन्मसहितं बहुरूपो विचिन्वति ॥ ११ ॥ चतुर्युगादिसंख्यान्ते सहस्रयुगपर्यये ॥ यत्पृथिव्यां द्विजेन्द्राणां तपसा भावितात्मनाम् ॥ १२ ॥ बहुजन्मनिरुद्धात्मा ब्राह्मणो यतिरुत्तमः ॥ ज्ञानवान्दृष्टविश्वात्मा योगिनां योगवित्तमः ॥ १३ ॥ तं योगवन्तं विज्ञेयं संपूर्णैश्वर्यविक्रमम् ॥ देवो ब्रह्मणि विश्वे च नियोजयति योगवित् ॥ १४ ॥ ततस्तस्मिन्महातोये हविषो हरिरच्युतः ॥ स्वपन्क्रीडंश्च विविधं मोदते चैष पावकिः ॥ १५ ॥ पद्मं नाभ्युद्भवं चैकं समुत्पादितवांस्तदा ॥ सहस्रपत्रं विरजो भास्कराभं हिरण्मयम् ॥ १६ ॥ हुताशनं ज्वलितशिखोज्ज्वलत्प्रभं सुगन्धिनं शरदमलार्कतेजसम् ॥ विराजते कमलमुदारवर्चसं महात्मनस्तनुरुहचारुदर्शनम् ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकदशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ योगविदां श्रेष्ठं सर्वभूतमनोमयम् ॥ स्रष्टारं सर्वभूतानां ब्रह्माणं सर्वतोमुखम् ॥ १ ॥ तस्मिन्हिरण्मये पद्मे बहुयोजनविस्तृते ॥ सर्वतेजोगुणमये पार्थिवैर्लक्षणैर्युते ॥ २ ॥ तच्च पद्मं पुराणज्ञाः पृथिवीरुहमुत्तमम् ॥ नारायणाङ्गसंभूतं प्रवदन्ति महर्षयः ॥ ३ ॥ या तु पद्मासना देवी पृथिवीं तां प्रचक्षते ॥ ये गर्भसाराङ्कुरतस्तान्दिव्यान्पर्वतान्विदुः ॥ ४ ॥ हिमवन्तं च मेरुं च नीलं निषधमेव च ॥ कैलासं मुञ्जवन्तं च यथाद्रिं गन्धमादनम् ॥ ५ ॥ पुण्यं त्रिशिखरं चैव कान्तं मन्दरमेव च ॥ उदयं कन्दरं चैव विन्ध्यमस्तं च पर्वतम् ॥ ६ ॥ एते देवग-

नाम भी नहीं था। फलतः नारायणके नाभिकमलकी शोभाकी कोई सीमा नहीं थी ॥ १६ ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायामेकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर भगवान नारायणने योगज्ञानियोंमें श्रेष्ठ, सूत्रात्मा, सब जीवोंके स्रष्टा और सर्वतोमुख देव ब्रह्माको उस हिरण्मय नाभिकमलपर बिठा दिया। वह कमल बहुयोजन विस्तृत, सूर्य आदिके तेजसे युक्त एवं सुगन्धि आदि गुणोंसे सम्पन्न था। उसमें समस्त पार्थिव गुण विद्यमान थे ॥ १ ॥ २ ॥ पुराणवेत्ता महर्षिगण उसे नारायणसे उत्पन्न पृथिवीशरीर कहते हैं ॥ ३ ॥ फलतः जो पद्मासना देवी थीं, वे पृथिवी एवं जो उसका सारस्वरूप गर्भांकुर था, वह पर्वत कहलाया ॥ ४ ॥ हिमवान्, सुमेरु, नील, निषध, कैलास, मुंजवान्, गन्धमादन, तीन शिखरों युक्त अति पवित्र एवं रमणीय मन्दर, विन्ध्य तथा पर्वतश्रेष्ठ उदयाचल और अस्ताचल अतिशय पवित्र तथा अभीष्ट फलदायक हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवताओं, महात्माओं, सिद्धों तथा अन्यान्य जीवोंके लिए ये आश्रयस्थान हैं ॥५-७॥ इन पर्वतोंके मध्यवर्ती देश जम्बूद्वीप नामसे प्रसिद्ध हैं। वह द्वीप याज्ञिकोंकी कर्मभूमि है। यज्ञके निमित्त उससे देवामृत सदृश जो जल निःसृत होता है, वह जल ही नदीके रूपमें परिणत होकर तीर्थादि भङ्गके क्रमसे चारों ओर फैल जाता है ॥ ८ ॥ ९ ॥ पूर्वोक्त भगवानके नाभि-कमलके चारों ओर जो केसर विद्यमान थे, वे पृथिवीके भीतर धातुपर्वत थे। उस कमलके ऊपर जो पत्र थे, वे सभी पत्र पर्वतोंसे व्याप्त, अतीव दुर्गम एवं म्लेच्छदेशसे परिपूर्ण थे ॥ १० ॥ ११ ॥ कमलके अधोभागमें जो पत्र थे, उनमेंसे कुछ दैत्योंके तथा कुछ सर्पोंके निवासस्थान थे। उस कमलका वह भाग पाताल कहलाता था। पातालसे भी नीचे 'उदक' नामसे विख्यात जो स्थान है, उसीमें महापातकी लोग निमज्जित रहते हैं ॥ १२ ॥ १३ ॥ उस कमलके चारों ओर जो जलराशि विद्यमान रहती है, उसे ही लोग एकार्णव कहते हैं।

णानां च सिद्धानां च महात्मनाम् ॥ आश्रमाः पुण्यशीलानां सर्वकामयुताद्रयः ॥ ७ ॥ एतेषामितरो देशो जम्बूद्वीप इति स्मृतः ॥ जम्बूद्वीपस्य संस्थानं याज्ञिया यत्र चक्रिरे ॥ ८ ॥ गर्भाद्यत्स्रवते तोयं देवामृतरसोपमम् ॥ दिव्यतीर्थशतापाङ्गचस्ता दिव्याः सरितः स्मृताः ॥ ९ ॥ यान्येतानि तु पद्मस्य केसराणि समन्ततः ॥ असंख्याताः पृथिव्यां तु विश्वे ते धातुपर्वताः ॥ १० ॥ यानि पद्मस्य पत्राणि भूरीण्यूर्ध्वं नराधिप ॥ ते दुर्गमाः शैलचिता म्लेच्छदेशा विकल्पिताः ॥११॥ यान्यधः पद्मपत्राणि वासार्थं तानि भागशः ॥ दैत्यानामुरगाणां च पातालं तन्महात्मनाम् ॥१२॥ तेषा-मधोगतं यत्तदुदकेत्यभिसंज्ञितम् ॥ महापातककर्माणो मज्जन्ते यत्र मानवाः ॥ १३ ॥ पद्मस्यान्ते कुशं यत्तदेकार्णवजलं महत् ॥ प्रोक्तास्ते दिक्षु संघा-ताश्चत्वारो जलसागराः ॥ १४ ॥ ऋषेर्नारायणस्यायं महापुष्करसंभवः ॥ प्रादुर्भावोऽप्ययं तस्मान्नाम्ना पुष्करसंभवः ॥१५॥ एतस्मात्कारणात्तज्ज्ञैः पुराणैः परमर्षिभिः ॥ यज्ञियैर्वेददृष्टार्थैर्यज्ञे पद्मचिती कृतः ॥ १६ ॥ एवं भगवता पद्मे विश्वस्य परमो विधिः ॥ पर्वतानां नदीनां च देवतानां च निर्मितः ॥ १७ ॥ विभुस्तथैवाप्रतिमप्रभावः प्रभाकरो वै भगवान्महात्मा ॥ स्वयं स्वयंभूः शयनेऽसृजत्तदा जगन्मयं पद्मनिधिं महार्णवे ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पुष्करप्रादुर्भावे द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ चतुर्युगादिसंभूतौ सहस्रयुगपर्यये ॥ विघ्नस्तमसि संभूतो मधुर्नाम महासुरः ॥ १ ॥ तस्यैव च सहायोऽन्यो भूतो

उस एकार्णवके चारों ओर विद्यमान जलराशिको चार सागर कहते हैं ॥१४॥ वही महर्षि नारायणका महापुष्करप्रादुर्भाव कहलाता है। निमित्ततत्त्वज्ञ तथा वेदार्थज्ञानसम्पन्न पुरातन महर्षि इसी प्रकार भगवानके नाभिकमलकी उत्पत्तिका वृत्तान्त बताते हैं ॥ १५ ॥ १६ ॥ भगवान नारायणने इसी नाभिकमलकी प्रणालीके क्रमसे पर्वत, नदी और विभिन्न देशोंका सन्निवेश किया था। असाधारण प्रभावशाली तथा अपरिमित पराक्रमी स्वयम्भू विष्णु जब उस महासमुद्रमें शयन कर रहे थे, उसी समय उन्होंने उस जगन्मय कमलकी सृष्टि की थी ॥१७॥१८॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

(मधु-कैटभको वरदान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! सहस्र युग अर्थात् ब्रह्माका एक दिन समाप्त होनेपर जैसे ही सत्यादि युगोंका आरम्भ होनेको हुआ। उसी समय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तमोगुणसे महासुर मधु एवं रजोगुणसे उसका सहोदर भाई कैटभ, ये दो दैत्य उत्पन्न हुए। उन दोनोंका स्वरूप बहुत भयंकर था और वे दोनों ही इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ थे
॥१॥२॥ उनमें एकका परिधानवस्त्र कृष्णवर्ण तथा दूसरेका रक्तवर्ण था। दोनोंके दाँत उज्ज्वल थे। उनके मस्तकपर किरीट-मुकुट तथा हाथमें केयूर और वलय विद्यमान थे। उन
दोनोंके नेत्र बहुत बड़े, विकृत तथा रक्तवर्णके थे। उनका वक्षस्थल पुष्ट तथा विस्तृत था। उनकी भुजायें विशाल थीं ॥ ३ ॥ ४ ॥ आपाद-मस्तक उनके शरीर इतने विशाल थे, जिन्हें
देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि मानो चलते-फिरते दो पर्वत हों। उनके शरीरकी दीप्ति नील मेघ सदृश तथा मुख उदीयमान सूर्यके समान रक्त वर्ण था ॥ ५ ॥ उनके नेत्र चपला-
विराजित मेघ सदृश ताम्रवर्ण थे। उनके दोनों हाथ बहुत विशाल और भयानक थे। उनके शरीरमें असाधारण पराक्रम था। उनके पैर धरने-उठानेपर ऐसा मालूम पड़ता था कि मानो
वे समुद्रको उछाल रहे हों अथवा उस महार्णवमें शयन करते हुए भगवानको कम्पित कर रहे हों। हे महाराज! वे दोनों भयङ्कर दैत्य उस पुष्कररूपी तीर्थमें विचरने लगे ॥ ६ ॥ ७ ॥

रजसि कैटभः ॥ तौ रजस्तमसाविष्टौ संभूतौ कामरूपिणौ ॥२॥ एकार्णवजलं सर्वं क्षोभयन्तौ महासुरौ॥ कृष्णरक्ताम्बरधरौ श्वेतदीप्तोग्रदंष्ट्रिणौ ॥३॥
उभौ मदकटोदग्रौ केयूरवलयोज्ज्वलौ ॥ महाविकृतताम्राक्षौ पीनोरस्कौ महाभुजौ ॥ ४ ॥ महच्छिरः संहननौ जङ्गमाविव पर्वतौ ॥ नीलमेघाभ्रसं-
काशावादित्यप्रतिमाननौ ॥ ५ ॥ विद्युदम्भोदताम्राक्षौ कराभ्यामतिभीषणौ ॥ पादसंचारवेगाभ्यामुत्क्षिपन्ताविवार्णवम् ॥ ६ ॥ कम्पयन्ताविव हरिं
शयानमरिसूदनम् ॥ तौ तत्र विहरन्तौ स्म पुष्करे विश्वतोमुखम् ॥ ७ ॥ पश्यतां दीप्तवपुषं योगिनां श्रेष्ठमुत्तमम् ॥ नारायणसमाज्ञप्तं सृजन्तम-
खिलाः प्रजाः ॥ दैवतानि च विश्वानि मानसांश्च सुतानृषीन् ॥ ८ ॥ ततस्तावूचतुस्तत्र ब्रह्माणमसुरोत्तमौ ॥ दृप्तौ युयुत्सुकौ क्रुद्धौ रोषसंरक्त-
लोचनौ ॥ ९ ॥ कस्त्वं पुष्करमध्यस्थः सितोष्णीषश्चतुर्मुखः ॥ आवामगणयन्मोहादास्से त्वं विगतज्वरः ॥ १० ॥ एह्यावयोर्बाहुयुद्धं प्रयच्छ कमलो-
द्भव ॥ आवाभ्यामतिवीराभ्यां न शक्यं स्थातुमाहवे ॥ ११ ॥ कस्त्वं कश्चोद्भवस्तुभ्यं केन वासीह चोदितः ॥ कः स्रष्टा कश्च वै गोप्ता केन
नाम्नाऽभिधीयसे ॥ १२ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ यः क इत्युच्यते लोके ह्यविज्ञातः सहस्रशः ॥ तत्संभवं योगवन्तं किं मां नाभ्यवगच्छथः ॥ १३ ॥ मधुकैट-

इधर भगवान द्वारा सृष्टिका आदेश पाकर दीप्तदेह योगिश्रेष्ठ ब्रह्माने विश्व, देवता, मानस पुत्र ऋषि तथा अन्यान्य प्रजाजनोंकी सृष्टिका संकल्प किया। उसी समय वे दोनों दृप्त दानव
युद्धकी अभिलाषासे अतिशय क्रोधपूर्वक उनके पास जा और लाल नेत्र करके कहने लगे—हम देखते हैं कि तुम्हारे चार मुख हैं, मस्तकपर श्वेतवर्णकी पगड़ी है और निश्चिन्तभावसे तुम इस
कमलपर बैठे हुए हो। मोहवश तुमने हमपर एक बार दृष्टिपात करना भी उचित नहीं समझा ॥ ८–१० ॥ हे कमलसे उत्पन्न जीव! आओ मेरे साथ बाहुयुद्ध करो। यह निश्चित है
कि तुम हम जैसे वीरोंके समक्ष युद्धभूमिमें नहीं टिक सकोगे ॥ ११ ॥ अतएव पहले यह बताओ कि तुम कौन हो? यहाँ तुम्हें किसने भेजा है? तुम्हारी रचना किसने की है?
तुम्हारा रक्षक कौन है और तुम्हारा नाम क्या है? ॥ १२ ॥ ब्रह्माजी बोले—संसारमें जो 'क' इस नामसे विख्यात होकर भी अविज्ञात है, मैं वही योगी ब्रह्मा हूँ। तुम मुझे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं जानते ? ॥ १३ ॥ मधु-कैटभ बोले—हे महामते ! हमारी अपेक्षा श्रेष्ठ और कोई भी नहीं है। रजोगुण तथा तमोगुणके प्रभावसे हमीं समस्त विश्वमें व्याप्त हैं ॥ १४ ॥ योगियोंके लिए हम दोनों रजोगुण तथा तमोगुणमय दुःखके लक्षण हैं। हमारे द्वारा धर्मशील मनुष्य धोखेमें पड़ जाते हैं। संसारके प्राणी मेरी मायाका अन्त नहीं पाते ॥ १५ ॥ प्रत्येक युगमें हमीं दोनों भाई संसारको मोहमें डालते हैं। हमीं दोनों अर्थ, काम और सर्वफलप्रद यज्ञ हैं ॥ १६ ॥ और अधिक कहाँ तक कहें—सुख, दुःख, उन्नति, अवनति, न्याय, अन्याय एवं इनके अतिरिक्त जो-जो अभिलषित फल हैं, वह सब हमीं दोनों हैं ॥ १७ ॥ ब्रह्माजीने कहा—हे दैत्यराज ! योगीगण जिस गुणकी सराहना करते हैं और पूर्वकालमें मैंने बड़े परिश्रमसे जिसे प्राप्त किया है, उसे ही प्रदान करके नारायणने मुझे सत्त्वगुणमें प्रतिष्ठित किया है ॥ १८ ॥ रजोगुण और तमोगुण भी उन नारायणसे ही उत्पन्न हुए हैं। वे सात्त्विक तथा

भावूचतुः ॥ नावयोः परमं लोके किंचिदस्ति महामते ॥ आवां छादयता विश्वं तपसा रजसा तथा ॥ १४ ॥ रजस्तमोमयावावां यतीनां दुःखलक्षणौ ॥ छलकौ धर्मशीलानां दुस्तरौ सर्वदेहिनाम् ॥ १५ ॥ आवाभ्यां मुह्यते लोके उच्छ्रिताभ्यां युगे युगे ॥ आवामर्थश्च कामश्च यज्ञाः सर्वपरिग्रहाः ॥ १६ ॥ सुखं यत्र मुदो यत्र यत्र श्रीः सन्निवृत्तयः ॥ एषां यत्कांक्षितं चैव तत्तदावां विचिन्तय ॥ १७ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ यच्च योगवतां श्रेष्ठं यच्च सर्वं मयाऽर्चितम् ॥ तत्समाधाय गुणवान्सत्त्वे चास्मि प्रतिष्ठितः ॥ १८ ॥ यत्परं योगयुक्तानामक्षरं सत्त्वमेव च ॥ रजसस्तमसश्चैव यत्स्रष्टा जीवसंभवः ॥ १९ ॥ यतो भूतानि जायन्ते सात्त्विकानीतराणि च ॥ स एव युक्तः समरे वशी वां शमयिष्यति ॥ २० ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततः शयानं श्रीमन्तं बहुयोजनविस्तृतम् ॥ पद्मनाभं हृषीकेशं प्रणम्योवाच तावुभौ ॥ २१ ॥ जानीवस्त्वां विश्वयोनिमेकं पुरुषसत्तमम् ॥ तवोपासनहेत्वर्थमिदं नौ विद्धि कारणम् ॥ २२ ॥ अमोघदर्शनं सत्यं यतस्त्वां विदुरीश्वरम् ॥ ततस्त्वामभितो देव कांक्षावः प्रतिवीक्षितुम् ॥ २३ ॥ तदिच्छावो वरं दत्तं त्वया ह्यावामरिन्दम ॥ अमोघदर्शनं देव नमस्तेऽस्त्वजितंजय ॥ २४ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ कानिच्छतो द्रुतं ब्रूतं वरानसुरसत्तमौ ॥ दत्तायुषौ मया भूयस्त्वहो जीवितुमिच्छथः ॥ २५ ॥ तस्माद्यदेष वां यत्नस्तत्प्राप्नुतं महाबलौ ॥ वध्यौ भवन्तौ तु स्यातां तावित्येवा-

अन्यान्य वृत्तियोंवाले जीवोंकी उत्पत्तिके मूल कारण हैं। अतएव वे ही युद्धमें प्रवृत्त होकर तुम्हारी रणकण्डु दूर करेंगे ॥ १९ ॥ २० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर वे दोनों दैत्य बहुयोजन विस्तृत समुद्रशायी पद्मनाभ हृषीकेश भगवानके पास जाकर प्रणाम करनेके बाद कहने लगे—॥ २१ ॥ हे अजितञ्जय ! हमें मालूम है कि आप विश्वके उत्पत्तिस्थान, अद्वितीय एवं पुरुषोत्तम हैं। हम यहाँ आपकी उपासनाके निमित्त आये हैं ॥ २२ ॥ हम आपको सत्यस्वरूप ईश्वर समझते हैं। यह भी हमें ज्ञात है कि आपका दर्शन कभी व्यर्थ नहीं जाता। इसी कारण सर्वतोभावसे हम आपका दर्शन करना चाहते हैं ॥२३॥ हे अरिन्दम ! इस समय हमारी यही अभिलाषा है कि आप वरदान देकर हमें अनुगृहीत करें। हे देव ! आपको प्रणाम है ॥ २४ ॥ श्रीभगवान बोले—हे मधु-कैटभ ! तुम क्या चाहते हो, शीघ्र बताओ। मैं तुम्हें जितनी आयु देना चाहता हूँ, क्या तुमलोग उससे अधिक जीना चाहते हो ?

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ २५ ॥ यदि ऐसी ही अभिलाषा है तो तुम्हारी कामना पूर्ण हो। किन्तु इतना कहे देता हूँ कि अन्तमें मेरे हाथों ही तुम्हारा वध होगा। तुम दोनों महाबाहु, महात्मा और उग्र क्षत्रियधर्मपरायण हो ॥ २६ ॥ मधु-कैटभ बोले—हे प्रभो! हम ऐसी जगह मरना चाहते हैं, जहाँ कभी कोई न मरा हो। इसके अतिरिक्त हमारी यह भी कामना है कि हम आपके पुत्र हों ॥ २७ ॥ श्रीभगवान बोले—मधु-कैटभ! मैं निश्चित रूपसे वरदान देता हूँ कि कल्पान्तरमें तुम मेरे पुत्र होकर जन्म लोगे ॥ २८ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उन ज्योतिर्मय, विश्वसंहर्ता तथा नित्यदेव भगवानने दोनों असुरोंको वरदान दे दिया और थोड़ी ही देर बाद उन्हें अपनी जाँघपर रखकर मसल डाला ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणो'भाषाटीकायां त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर वेदविदग्रगण्य महाबाहु ब्रह्माजी नारायणके उसी नाभिकमलपर बैठे-बैठे भुजायें उठाकर कठोर तप करने लगे ॥ १ ॥ एक तो वे

ब्रवीद्धरिः ॥ उभावपि महात्मानावूर्जितौ क्षतवर्जितौ ॥ २६ ॥ मधुकैटभावूचतुः ॥ यस्मिन्न कश्चिन्मृतवांस्तस्मिन्देशे विभो वयम् ॥ इच्छावः पुत्रतां यातुं तव चैव सुराधिप ॥ २७ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ बाढं सुतौ मे प्रवरौ भविष्ये कल्पसंभवे ॥ भविष्यथो न संदेहः सत्यमेतद्ब्रवीमि वाम् ॥ २८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ वरं प्रदायाथ महासुराभ्यां सनातनो विश्ववरोत्तमो विभुः ॥ रजस्तमोभ्यां भवभावनोपमो ममन्थ तावूरुतले सुरारिहा ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि मधुकैटभवरप्रदानं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स्थित्वा तस्मिंस्तु कमले ब्रह्मविदां वरः ॥ ऊर्ध्वबाहुर्महाबाहुस्तपो घोरं समाश्रितः ॥ १ ॥ ज्वलन्निव च तेजस्वी भाभिः स्वाभिस्तमोनुदः ॥ बभासे सर्वधर्मस्थः सहस्रांशुरिवांशुमान् ॥ २ ॥ अथान्यद्रूपमास्थाय शंभुर्नारायणोऽव्ययः ॥ द्विधा कृत्वात्मनात्मानमचिन्त्यात्मा सनातनः ॥ ३ ॥ आजगाम महातेजा योगाचार्यो महायशाः ॥ सांख्याचार्यश्च मतिमान्कपिलो ब्राह्मणो वरः ॥ ४ ॥ देवर्षिभिस्तु तावेतौ ब्रह्म ब्रह्मविदां वरौ ॥ उभावपि महात्मानावूर्जितौ चेत्रतत्परौ ॥ ५ ॥ तौ प्राप्तावूचतुस्तत्र ब्रह्माणममितौजसम् ॥ परावरविशेषज्ञौ पूजितौ परमर्षिभिः ॥ ६ ॥ बहुत्वाद्दृढपादश्च विश्वात्मा जगतः स्थितिः ॥ ग्रामणी सर्वभूतानां ब्रह्मा लोकगुरुर्वरः ॥७॥ तयोस्तद्वचनं श्रुत्वा तिस्रो व्या-

स्वतः तेजस्वी थे, उसपर भी इस तपस्याके कारण उत्पन्न प्रभामण्डलके कारण उनका शरीर और भी देदीप्यमान हो उठा। अज्ञानान्धकारके विनाशक योगिवर ब्रह्माजी सूर्यनारायणके समान जगमगाने लगे ॥ २ ॥ इधर अचिन्त्यात्मा सनातन पुरुष नारायण स्वयं दो भागोंमें विभक्त होकर दो स्वरूपोंमें परिणत हो गये ॥ ३ ॥ जिनमें एक स्वरूपसे वे महातपा, महातेजस्वी, योगाचार्य एवं दूसरे स्वरूपसे ब्रह्मविद्यापारदर्शी सांख्याचार्य हुए। उनमें नारायण योगाचार्य तथा मतिमान् कपिलदेव सांख्याचार्य थे ॥ ४ ॥ वे दोनों वेदपारदर्शी, महात्मा और पौरुषपरायण थे। बड़े-बड़े देवर्षि उन दोनोंकी स्तुति कर रहे थे ॥ ५ ॥ तदनन्तर वे सांख्याचार्य तथा योगाचार्य अमित पराक्रमी ब्रह्माजीके पास पहुँचकर बोले—हे ब्रह्मन्! आप विश्वप्राण, जगत्प्रतिपालक, लोकगुरु, सर्वश्रेष्ठ तथा सत्यमय हैं ॥ ६ ॥ स्थूल-सूक्ष्म तत्त्वोंके कारण ब्रह्माने उन दोनोंके वचन सुनकर 'भूर्भुवः' आदि तीन वैदिक मन्त्रोंका जप करते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए भू आदि तीनों लोकोंकी सृष्टि कर डाली। सर्वप्रथम उन्होंने अपने मनसे एक अविनाशी भूसंज्ञक पुत्र उत्पन्न किया। उत्पन्न होते ही उस मानस पुत्रने ब्रह्माजीको सम्बोधित करके कहा—भगवन्! मुझे आपकी क्या सहायता करनी होगी? आज्ञा दीजिए ॥ ७–१० ॥ ब्रह्माजी बोले—वत्स! ये वरदायक योगाचार्य नारायण एवं ये सांख्याचार्य कपिलदेव तुम्हें जो आज्ञा दें, तुम वही करो ॥ ११ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! कमलयोनि ब्रह्माके ऐसा कहनेपर उनका भूनामक पुत्र बड़े सन्देहमें पड़कर नारायण और कपिलदेवके पास गया। वहाँ हाथ जोड़कर उसने कहा—भगवन्! मैं आपकी सेवा करनेके लिए यहाँ आया हूँ। मुझे क्या करना होगा, सो बताइए ॥ १२ ॥ तदनन्तर योगाचार्य नारायण तथा सांख्याचार्य कपिलदेवने कहा—हे महामते! तुम सत्यस्वरूप, अमृतस्वरूप तथा अष्टादशविध ज्ञानेन्द्रियादिस्वरूप परात्पर परब्रह्मका स्मरण करो ॥१३॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! नारायण तथा कपिलदेवके वचन सुनकर ब्रह्माका मानस पुत्र भू उत्तर दिशामें चला गया और अपनी ज्ञानदृष्टिके प्रभावसे उसने ब्रह्मत्वपद प्राप्त कर लिया ॥१४॥ तदनन्तर ब्रह्माजीने भुवः

हृतयो जपन् ॥ त्रीनिमान्कृतवाँल्लोकान् यथाह ब्राह्मणी श्रुतिः ॥ ८ ॥ यत्र भूसंज्ञकं चैव समुत्पादितवान्प्रभुः ॥ ततोऽग्रे तद्गतस्नेहो ब्रह्मा मानसमव्ययम् ॥ ९ ॥ सोत्पन्नस्त्वग्रे ब्रह्माणमुवाच मानसः सुतः ॥ करोमि किं ते साहाय्यं ब्रवीतु भगवानिति ॥ १० ॥ ब्रह्मोवाच ॥ य एष कपिलो नाम ब्रह्मा नारायणस्तथा ॥ वदते वरदस्त्वां तु तत्कुरुष्व महामते ॥ ११ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ब्रह्मणोक्ते तदा सोऽथ संशयं समुपस्थितः ॥ शुश्रूषुरस्मि युवयोः किं कुर्मीति कृताञ्जलिः ॥ १२ ॥ परमेश्वरावूचतुः ॥ यत्सत्यमक्षरं ब्रह्म ह्यष्टादशविधं स्मृतम् ॥ यत्सत्यममृतं चैव परं तत्समनुस्मर ॥ १३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतद्वचो निशम्याथ स ययौ दिशमुत्तराम् ॥ गत्वा च तत्र ब्रह्मत्वमगमज्ज्ञानचक्षुषा ॥ १४॥ ततो ब्रह्मा भुवं नाम द्वितीयमसृजत्प्रभुः ॥ तं कल्पयित्वा मनसा मनसैव महामनाः ॥ १५ ॥ ततः सोऽप्यब्रवीद्वाक्यं किं कुर्मीति पितामहम् ॥ पितामहसमाज्ञप्तो ब्रह्माणं समुपस्थितः ॥ १६ ॥ ब्रह्मभ्यां सहितः सोऽथ भूयो भागवतीं गतः ॥ प्राप्तश्च परमं स्थानं स तयोः पार्श्वमागतः ॥ १७ ॥ तस्मिन्नपि गते पुत्रं तृतीयमसृजत्प्रभुः ॥ मोक्षोपायेति कुशलं भूर्भुवं नाम तं विभुः ॥ १८ ॥ आससाद स तद्धर्मं तयोरेवागमद्गतिम् ॥ एवं पुत्रास्त्रयोप्येते उक्ताः शंभोर्महात्मनः ॥ १९ ॥ तान्गृहीत्वा सुतांस्तस्य प्रययौ स्वां गतिं तथा ॥ नारायणोऽथ भगवान्कपिलश्च यतीश्वरः ॥ २० ॥ यं कालं तौ गतौ

नामके द्वितीय मानस पुत्रकी सृष्टि की। उत्पन्न होते ही वह द्वितीय मानस पुत्र भुवः लोकपितामह ब्रह्माजीके सम्मुख खड़ा होकर बोला—हे पिताजी! मुझे क्या करना होगा, सो बताइए। तब ब्रह्माजीने उसे भी नारायण तथा कपिलदेवके पास जानेका आदेश दिया। तदनुसार भुवःने भी उनके पास जाकर परम पद प्राप्त कर लिया ॥ १५–१७ ॥ इस प्रकार द्वितीय पुत्रके चले जानेपर ब्रह्माजीने मोक्षलाभकुशल और एक पुत्रकी सृष्टि की। इस तृतीय पुत्रका नाम भूर्भुवः था ॥ १८ ॥ सो उसने भी अपने दोनों ज्येष्ठ भ्राताओंके समान परम पद पा लिया। हे महाराज! इस प्रकार मैंने ब्रह्माजीके तीनों मानस पुत्रोंकी उत्पत्ति और उनकी परमपदप्राप्तिका वृत्तान्त कह सुनाया ॥ १९ ॥ तदनन्तर भगवान नारायण तथा यतीश्वर कपिलदेव ब्रह्माजीके उन तीनों पुत्रोंको साथ लेकर पुनः उसी परब्रह्ममें लीन हो गये ॥ २० ॥ जैसे ही वे नारायण तथा कपिलदेव निर्वाणपथके पथिक बने, तैसे ही व्रतधारी ब्रह्माजी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फिर घोरतर तप करने लगे। अनन्तकाल तक अकेले तप करके खिन्न ब्रह्माजीने अपने शरीरके अर्धभागसे एक पुण्यलक्षणा भार्या उत्पन्न की। वह भार्या तपस्या, तेज और सदाचार आदि सभी अंशोंमें उनके अनुरूप तथा लोकसृष्टिके विषयमें विशेष शक्तिसम्पन्न थी ॥२१-२३॥ तब ब्रह्माजीने उस भार्याके साथ रमण करके प्रजापति तथा जगत्‌की विविध सृष्टिका कार्य आरम्भ किया। सर्वप्रथम उन्होंने त्रिपदा गायत्रीकी सृष्टि करके उसी गायत्रीसे चारों वेदोंको उत्पन्न किया। तदनन्तर अपनी सुविधाके लिए उन्होंने लोकोत्पादक पुत्रोंकी सृष्टि की। वे पुत्र संसारमें प्रजापति नामसे विख्यात हुए और आगे चलकर उन्हींके द्वारा सब प्राणियोंकी उत्पत्ति हुई ॥२४—२६॥ उनके पुत्रोंमें महातपा तथा सर्वाश्रमग्राह्य विश्वेश धर्म ही सबसे बड़े थे। तत्पश्चात् उन्होंने दक्ष, मरीचि, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, वसिष्ठ, गौतम, भृगु और मनुको उत्पन्न किया ॥ २७ ॥ २८ ॥ ये सब अथर्ववेदज्ञ तथा ब्रह्मर्षिकी पदवीसे विभूषित थे। इन ब्रह्मर्षियोंकी

मुक्तौ ब्रह्मा तत्कालमेव तु ॥ तेपे घोरतरं भूयः स तपः संशितव्रतः ॥ २१ ॥ न रराम ततो ब्रह्मा प्रभुरेकस्तपश्चरन् ॥ शरीरार्द्धमथो भार्यां समु-
त्पादितवाञ्छुभाम् ॥ २२ ॥ तपसा तेजसा चैव वर्चसा नियमेन च ॥ सदृशीमात्मनो भार्यां समर्थां लोकसर्जने ॥ २३ ॥ तया सह ततस्तत्र रेमे
ब्रह्मा तपोमयः ॥ सृजन्प्रजापतीन्सर्वान्सागरान्सरितस्तथा ॥ २४ ॥ ततोऽसृजद्वै त्रिपदां गायत्रीं वेदमातरम् ॥ अकरोच्चैव चत्वारो वेदान्गायत्रि-
संभवान् ॥ २५ ॥ आत्मार्थे चासृजत्पुत्राँल्लोककर्तॄन्पितामहः ॥ विश्वे प्रजानां पतयो येभ्यो लोका विनिःसृताः ॥ २६ ॥ विश्वेशं प्रथमं नाम महा-
तपसमात्मजम् ॥ सर्वाश्रमतमं पुण्यं नाम्ना धर्मं स सृष्टवान् ॥ २७ ॥ दक्षं मरीचिमत्रिं च पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ॥ वसिष्ठं गौतमं चैव भृगुमङ्गि-
रसं मनुम् ॥ २८ ॥ अथर्वभूता इत्येते ख्याता ब्रह्ममहर्षयः ॥ त्रयोदशसुतानां तु ये वंशा वै महर्षिणाम् ॥ २९ ॥ अदितिर्दितिर्दनुः काला ह्यनायुः
सिंहिका मुनिः ॥ प्रबोधा सुरसा क्रोधा विनता कद्रुरेव च ॥ ३० ॥ दक्षस्यैता दुहितरः कन्या द्वादश भारत ॥ नक्षत्राणि च भद्रं ते सप्तविंशति-
रूर्जिताः ॥ ३१ ॥ मरीचेः कश्यपः पुत्रस्तपसा निर्मितः प्रभुः ॥ तस्मै कन्या द्वादशेमा दक्षस्ता अन्वमन्यत ॥ ३२ ॥ नक्षत्राख्यानि सोमाय वसवे
दत्तवानृषिः ॥ रोहिण्यादीनि सर्वाणि पुण्यानि जनमेजय ॥ ३३ ॥ लक्ष्मीः कीर्तिस्तथा साध्या विश्वा कामानुगा शुभा ॥ देवी मरुत्वती चैव
ब्रह्मणा निर्मिता पुरा ॥ ३४ ॥ एताः पञ्च वरिष्ठा वै सुरश्रेष्ठाय भारत ॥ दत्ता धर्माय भद्रं ते ब्रह्मणा दृष्टधर्मणा ॥ ३५ ॥ या रूपार्द्धमयी पत्नी ब्रह्मणः
कामरूपिणी ॥ सुरभिः सा तु गौर्भूत्वा ब्रह्माणं समुपस्थिता ॥ ३६ ॥ ततस्तामगमद्ब्रह्मा मैथुने लोकपूजितः ॥ लोकसर्जनहेतुज्ञो गवामर्थाय

चतुर्दश कन्याओंसे ही उनका वंश विस्तृत हुआ। आदिति, दिति, दनु, काला, अनायु, सिंहिका, मुनि, प्रबोधा, सुरसा, क्रोधा, विनता और कद्रु ये बारह तथा सप्तविंशति तारिकायें ये सब दक्षको कन्यायें थीं ॥२९-३१॥ मरीचिने अपने तपोबलसे जिस पुत्रको उत्पन्न किया, उसका नाम था कश्यप। प्रजापति दक्षने पूर्वोल्लिखित कन्याओंमेंसे अदिति आदि बारह कन्यायें कश्यपको और रोहिणी आदि सत्ताईस कन्यायें चन्द्रमाको अर्पण कर दीं। हे जनमेजय! वे सभी पुत्रियाँ पुनीत थी। इसके पहले ही ब्रह्माजीने लक्ष्मी, कीर्ति, साध्या, विश्वा और मरुत्वती नामकी जो पाँच कन्यायें उत्पन्न की थीं, उनको ब्रह्माजीने सुरश्रेष्ठ धर्मको अर्पण कर दिया ॥३२-३५॥ जिसको उन्होंने अपने अर्धाङ्गसे उत्पन्न किया था और जो उनकी कामरूपिणी पत्नीके रूपमें परिणत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो चुकी थी, वह सुरभी नामकी गौका रूप धारण करके ब्रह्माजीके पास जा उपस्थित हुई ॥३६॥ तब लोकसृष्टिके मर्मज्ञ तथा लोकपूजित ब्रह्मा गोत्रंशकी वृद्धिके लिए सुरभीके साथ मैथुन-धर्ममें प्रवृत्त हुए ॥ ३७ ॥ इस संगमसे उनके ग्यारह पुत्र उत्पन्न हुए। वे सभी पुत्र धर्मात्मा थे। उनके शरीरकी कान्ति सन्ध्याकालीन मेघके सदृश रक्तवर्ण थी और उनका तेज अग्नितुल्य था ॥३८॥ उत्पन्न होते ही वे पुत्र रोदन तथा द्रावण करते (दौड़ते) हुए ब्रह्माजीके चारों ओर भ्रमण करने लगे। इसी कारण उन पुत्रोंका 'रुद्र' नाम पड़ा ॥३९॥ किन्तु उन सबके नाम पृथक्-पृथक् थे—निर्ऋति, सर्प, अज, एकपाद, मृगव्याध, पिनाकी, दहन, ईश्वर, अहिर्बुध्न्य, कपाली और सेनानी। ये ही एकादश रुद्र कहलाये ॥ ४० ॥ ४१ ॥ उसी सुरभीसे गोवृष, आकृष्ट, माष, सिकता, अज, उत्कृष्ट अमृत एवं सभी उच्चकोटिकी औषधियाँ उत्पन्न हुईं ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ तदनन्तर सुरेश्वर धर्मके संगमसे लक्ष्मीने कामदेवको

भारत ॥३७॥ जज्ञे चैकादश सुतान्विपुलान्धर्मसंहितान् ॥ रक्तसन्ध्याभ्रसदृशान्दहनोपमतेजसः ॥३८॥ ते रुदन्तो द्रवन्तश्च भगवन्तं पितामहम् ॥
रोदनाद्द्रावणाच्चैव ततो रुद्रा इति स्मृताः ॥३९॥ निर्ऋतिश्चैव सर्पश्च तृतीयो ह्यज एकपात् ॥ मृगव्याधः पिनाकी च दहनोऽथेश्वरश्च वै ॥४०॥
अहिर्बुध्न्यश्च भगवान्कपाली चापराजितः ॥ सेनानीश्च महातेजा रुद्रा एकादश स्मृताः ॥ ४१ ॥ तस्यामेव सुरभ्यां तु जज्ञे गोवृषभस्तथा ॥
आकृष्टाश्च तथा माषाः सिकताः प्रश्रयोऽक्षताः ॥ ४२ ॥ अजाश्चैवैकवंशाश्च तथैवामृतमुत्तमम् ॥ ओषध्यः प्रवरायाश्च सुरभ्यां ताः समु-
त्थिताः ॥ ४३ ॥ धर्माल्लक्ष्म्युद्भवः कामः साध्या साध्यान्व्यजायत ॥ भवं च प्रभवं चैवमीशानं सुरभिं तथा ॥ ४४ ॥ अरुन्धत्यारुणी चैव
विश्वावसुबलध्रुवौ ॥ महिषं च तनूजं च विज्ञानमनसावपि ॥ ४५ ॥ मत्सरं च विभूतिं च सर्वाः सुरभिसूनवः ॥ [illegible] नागं
साध्या लोकनमस्कृता ॥ ४६ ॥ वासवानुगता देवी जनयामास वै सुतान् ॥ धरं वै प्रथमं देवं द्वितीयं ध्रुवमव्ययम् ॥ ४७ ॥ विश्वावसुं
तृतीयं च चतुर्थं सोममीश्वरम् ॥ पञ्चमं पर्वतं चैव योगेन्द्रं तदनन्तरम् ॥४८॥ सप्तमं च ततो वायुमष्टमं निर्ऋतिं वसुम् ॥ धर्मस्यापत्यमित्येवं
सुरभ्यां समजायत ॥ ४९ ॥ विश्वेदेवास्तु विश्वायां धर्माज्जाता इति श्रुतिः ॥ दक्षयज्ञो महाबाहुर्वसुश्च सुत एव च ॥ सुधर्मा च महाबाहुः शङ्ख-
पाच्च महाबलः ॥ ५० ॥ उक्तश्चैव महाबाहुर्वपुष्मांश्च तथैव च ॥ चाक्षुषस्य मनोरेते तथानन्तमहीरणौ ॥ ५१ ॥ विश्वावसुसुपर्वाणौ विष्टरश्च महा-
यशाः ॥ रुरुश्च ऋषिपुत्रो वै भास्करप्रतिमद्युतिः ॥ ५२ ॥ विश्वेदेवान्देवमाता विश्वेशाज्जनयत्सुतान् ॥ मरुत्वती मरुत्वन्तो देवानजनयच्छुभान्

और साध्याने साध्यगण, सुरभीने, भव, प्रभव, ईशान, अरुन्धती, आरुणी, विश्वावसु, बलध्रुव, महिष, विज्ञातहृदय, मत्सर, विभूति, पर्वत, वृष और नाग इन सन्ततियोंको उत्पन्न किया। लोकनमस्कृता साध्याने ही धर, ध्रुव, विश्वावसु, सोम, पर्वत, योगेन्द्र, वायु और निर्ऋति इन आठ पुत्रोंको जन्म दिया। ये सन्ततियाँ धर्मकी कही गयी हैं ॥ ४४–४९ ॥ विश्वाके गर्भसे जायमान विश्वेदेवगण भी धर्मके पुत्र कहलाते हैं। दक्ष, महाबाहु सुधर्मा, शंखपाद, वपुष्मान्, अनन्त तथा महीरण ये चाक्षुष मनुके पुत्र थे ॥ ५० ॥ ५१ ॥ विश्वावसु, सुपर्वा, विष्टर, महायशस्वी तथा सूर्यसदृश तेजस्वी ऋषिपुत्र रुरु भी चाक्षुष मनुके ही पुत्र थे ॥५२॥ देवमातासे विश्वेदेवगण उत्पन्न हुए थे और मरुत्वतीने मरुत्वान् नामके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवताओंको उत्पन्न किया था ॥ ५३ ॥ वे थे—अग्नि, चक्षु, हवि, ज्योति, सावित्री, मित्र, शरवृष्टि, महाभुज संक्षय, विरज शुक्र, विश्वावसु, विभावसु, अश्मन्त, चित्ररश्मि, निष्कुषित, नहुष, आहुति, चारित्र, बहुपन्नग, बृहन्त तथा शत्रुतापन बृहद्रूप। ये सब मरुत्वतीसे जायमान हुए थे ॥ ५४–५६ ॥ कश्यप द्वारा अदितिके गर्भसे—इन्द्र, विष्णु, भग, त्वष्टा, वरुण, अर्यमा, रवि, पूषा, मित्र, वरद, मनु और पर्जन्य इन द्वादश आदित्योंकी उत्पत्ति हुई ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ तदनन्तर सरस्वतीके गर्भसे रूपश्रेष्ठ तथा बलश्रेष्ठ नामके दो पुत्र उत्पन्न हुए। ये दोनों ही आदित्यके पुत्र थे। उनके समान रूपवान् स्वर्गमें और कोई नहीं था ॥ ५९ ॥ अदितिसे देवताओं, दितिसे दैत्यों, दनुसे दानवगणों, सुरसासे सर्पों, कालासे कालकेयगणों और खसासे राक्षसगणोंकी उत्पत्ति हुई। अनायुषासे आधि-व्याधिकी, सिंहिकासे राहु ग्रहकी तथा मुनिसे गन्धर्वोंकी उत्पत्ति हुई ॥६०॥६१॥ प्रवाधासे अप्सराओं, क्रोधासे सब भूत, पिशाच,

॥ ५३ ॥ अग्निश्चक्षुर्हविर्ज्योतिः सावित्री मित्र एव च ॥ अमरं शरवृष्टिं च संक्षयं च महाभुजम् ॥ ५४ ॥ विरजं चैव शुक्रं च विश्वावसुविभावसू ॥ अश्मन्तं चित्ररश्मिं च तथा निष्कुषितं नृपम् ॥ ५५ ॥ नहुषं चाहुतिं चैव चारित्रं बहुपन्नगम् ॥ बृहन्तं च बृहद्रूपं तथैव परतापनम् ॥ मरुत्वत्यां पुरा धर्माज्जज्ञे पुत्रद्वयं शुभम् ॥ ५६ ॥ अदित्यां जज्ञिरे राजन्नादित्याः कश्यपादथ ॥ इन्द्रो विष्णुर्भगस्त्वष्टा वरुणोंशोऽर्यमा रविः ॥ ५७ ॥ पूषा मित्रश्च वरदो मनुः पर्जन्य एव च ॥ इत्येते द्वादशादित्या वरिष्ठास्त्रिदिवौकसः ॥ ५८ ॥ आदित्यस्य सरस्वत्यां जज्ञे पुत्रद्वयं शुभम् ॥ रूपश्रेष्ठं बलश्रेष्ठं त्रिदिवे रूपिणां वरम् ॥ ५९ ॥ दनुस्तु दानवाञ्जज्ञे दितिर्दैत्यान्व्यजायत ॥ कालानुकालकेयांश्च ह्यसुरान्राक्षसांस्तथा ॥ ६० ॥ अनायुषायास्तनया व्याधयश्चाधयस्तथा ॥ सिंहिका ग्रहमाता च गन्धर्वजननी मुनिः ॥ ६१ ॥ प्रवोधाऽप्सरसां माता सुरसायां सरीसृपाः ॥ क्रोधायाः सर्वभूतानि पिशाचाश्चैव भारत ॥ ६२ ॥ तथा यक्षगणाश्चैव गुह्यकाश्च विशांपते ॥ चतुष्पदानि सर्वाणि ऋते गावस्तु सौरभाः ॥ ६३ ॥ अरुणो गरुडश्चैव विनतायां व्यजायत ॥ महीधरान्सर्पनागान्देवी कद्रूर्व्यजायत ॥ ६४ ॥ एवं विवृद्धिमगमन्विश्वे लोकाः परस्परम् ॥ तदा पौष्करके राजन्प्रादुर्भावे महात्मनः ॥ ६५ ॥ पुराणं पौष्करे चैव मया द्वैपायनाच्छ्रुतम् ॥ कथितं तेन पूर्वेण यत्कृतं परमर्षिभिः ॥ ६६ ॥ यश्चेदमग्र्यं प्रथमं पुराणं सदाऽप्रमत्तः पठते महात्मा ॥ अवाप्य कामानिह वीतशोकः परत्र स स्वर्गफलानि भुङ्क्ते ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे

पक्षी, यक्ष एवं सुरभीसन्तति गौओंकी छोड़कर बाकी सभी चौपाये पशुओंकी उत्पत्ति हुई ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ विनतासे गरुड़ तथा अरुणका जन्म हुआ और देवी कद्रूसे पर्वतों तथा पन्नगोंकी उत्पत्ति हुई ॥ ६४ ॥ हे महाराज ! भगवान नारायणके नाभिकमलकी उत्पत्तिसे इस प्रकार विश्वकी लोकसंख्या परस्पर बढ़ी ॥ ६५ ॥ मैंने द्वैपायन वेदव्यासके मुखारविन्दसे भगवानके नाभिकमलकी उत्पत्तिका जो इतिहास सुना था, सो आपको ज्योंका त्यों सुना दिया ॥ ६६ ॥ हे महाराज ! एकाग्र मनसे जो भी प्राणी ब्रह्माण्डकी उत्पत्तिका यह वृत्तान्त श्रद्धापूर्वक सुनता है, वह संसारमें शोकरहित होकर अभीष्ट फल लाभ करता है और परलोकमें अनन्त स्वर्गसुख भोगनेका अधिकारी होता है ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

(जनमेजयके वचन) राजा जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन् ! मैंने परस्पर उत्पन्न अपने पूर्वजोंके परम उत्कृष्ट तथा अलौकिक गुणसम्पन्न चरित्र सुने ॥ १ ॥ इसकी रचना विविध छन्दों, बहुविध समासों, सुन्दर आभास (उपमा), मधुर भाषा तथा सरल पदविन्यास द्वारा हुई है ॥ २ ॥ इसमें धर्म, अर्थ तथा काम इस त्रिवर्ग एवं ब्राह्मणोंके प्रभाव, योद्धाओंके वैरका बदला, प्रतिज्ञापालन तथा पराजित नरेशोंकी स्तुति आदि विषयोंका बड़े ही सुन्दर ढंगसे सन्निवेश हुआ है । किन्तु क्षत्रियों और ब्राह्मणोंमें परस्पर प्रबल विरोध होते हुए भी किसी वंशका सर्वथा नाश नहीं हुआ । क्योंकि उन घोर युद्धोंमें जो राजे मारे गये, उनके पुत्र-पौत्र प्रभृति स्वजन फिर सिंहासनाहीन हो गये । उनमें ईश्वरानुगृहीत कौरवराज मुख्य थे

भविष्यपर्वणि चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

जनमेजय उवाच ॥ श्रुतं नः परमब्रह्मन्स्ववंशचरितं महत् ॥ दिव्यमन्योन्यसम्भूतं मानितं बहुभिर्गुणैः ॥ १ ॥ छन्दोभिर्वृत्तसञ्जातैः समासैश्च सविस्तरैः ॥ लघुभिर्मधुराभाषैर्ग्रथितं पदविग्रहैः ॥ २ ॥ त्रिवर्गेणाभिसम्पन्नं धर्मेणार्थेन भोगिनाम् ॥ कामेन बहुरूपेण शरीरान्तर्गतेन च ॥ ३ ॥ ब्राह्मणानां प्रभावैश्च योधानां च पराक्रमैः ॥ वैरनिर्यातनैश्चैव प्रतिज्ञानां च पारगैः ॥ ४ ॥ रिपुस्तवसुसम्पन्नैर्नानुबन्धः प्रचोदितः ॥ वंशयोर्निर्विनाशाय नृपेण द्विजविग्रहात् ॥ ५ ॥ ये च तस्मिन्महारौद्रे संग्रामे निहता नृपाः ॥ तेषां सर्वाणि राष्ट्राणि पुत्राः सर्वे प्रपेदिरे ॥ कौरवः प्रथितो राजा भगवच्छासनानुगः ॥ ६ ॥ धर्मश्च बहुधा प्रोक्तस्त्रयाणां वर्णसम्पदाम् ॥ शूराणामपि विख्यातः स्वर्गहेतुर्द्विजर्षभ ॥ ७ ॥ अनुग्रहार्थं भूतानां नोत्सेकाय कथञ्चन ॥ चतुर्णां वर्णसंज्ञानां पृथक्पृथगनेकधा ॥ ८ ॥ गर्भवासं पतन्तश्च भूतानां सम्प्रबोधितः ॥ पृच्छतां देवसञ्चारः क्षीणे पुण्ये च कर्मणि ॥ ९ ॥ दाने यश्चादिसंयोगः स चापि बहुधा कृतः ॥ द्वाभ्यां संयोगविहितौ मधुवाग्वचनं तयोः ॥ १० ॥ न तच्छक्यं मयाख्यातुं भारताध्ययनं महत् ॥ एकाहेन महान्ब्रह्मन्नपि दिव्येन चक्षुषा ॥ ११ ॥ ब्रह्मणोऽह्नस्तु विस्तारं संक्षेपं च सुसंग्रहम् ॥ श्रोतुमिच्छामि भगवन्महत्कौतुहलं हि मे ॥ १२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

॥ ३–६ ॥ जो भी हो, संसारी मनुष्य उद्धत स्वभावके न होकर विनीत हों, इसके लिए आपने दया करके चातुर्वर्ण धर्म एवं वीरोंकी स्वर्गप्राप्तिके मूल कारणस्वरूप विभिन्न कार्योंका अलग-अलग अनेक बार वर्णन किया है ॥ ७ ॥ ८ ॥ इसीके उपलक्ष्यमें आपने मनुष्योंके पुनः पुनः कर्मक्षेत्रमें अवतीर्ण होनेका कारण भी प्रदर्शित कर दिया है । देवसंचार, पुण्यक्षय तथा दानयोगसे जो फल प्राप्त होता है, उसका वर्णन करनेमें भी आपने कोई कसर नहीं रक्खी है । किन्तु हे ब्रह्मन् ! दिव्य दृष्टि प्राप्त करके भी इस विस्तृत महाभारतके इतिहासका एक दिनमें वर्णन नहीं कर सकता ॥ ९–११ ॥ अब मैं ब्रह्माके दिनका संक्षिप्त विस्तार एवं उनके सुसंग्रहका वृत्तान्त सुननेके लिए नितान्त उत्सुक हूँ ॥ १२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(सनातन ब्रह्मका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! आपने जो वेदमूलक कर्मातीत ब्रह्मके विषयको सुननेकी अभिलाषा प्रकट की है, उसे कह रहा हूँ। पंचेन्द्रियसंयमपूर्वक चित्तको स्वच्छ करके सुनिए ॥ १ ॥ २ ॥ जो सूक्ष्म-स्थूल जगत्‌का आदि कारण है और जिसका कभी नाश नहीं होता, वही सांख्यप्रतिपादित परम पुरुष है। वह सर्वदा पूर्ण रहता है। उसीसे अहङ्कारतत्त्व तथा ब्रह्माजीकी उत्पत्ति हुई है ॥ ३ ॥ वह सब प्राणियों और सभी विषयोंका अधिपति है। वह सर्वव्यापी, अचिन्त्य और अव्यय है। उसीके द्वारा युगोंकी उत्पत्ति होती है ॥ ४ ॥ वह असम्भूत और अजात है। फिर भी वह सर्वत्र समभावसे विद्यमान रहता है। इसी कारण लोग उसे विभु और ब्रह्मवेत्तागण उसे ही अव्यक्तका परम तत्त्व कहते हैं ॥ ५ ॥ उसके सब ओर हाथ, पैर, नेत्र, मस्तक और कान हैं। वह समस्त विश्वको घेरकर विद्यमान रहता है ॥ ६ ॥ वह सर्वव्यापक अहङ्कारतत्त्वके कार्य और कारणके हेतुभूत अविद्याका आभास है। किन्तु सच्चिदानन्दके साथ उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहता, वह केवल चिदानन्दात्मक अविद्याका कल्पनामात्र है। वह अव्यक्त चिदानन्द व्यक्त

वैशम्पायन उवाच ॥ शृणुष्वैकमना राजन्पञ्चेन्द्रियसमाहितः॥ कथां कथयतो राजन्निर्विकारेण चेतसा ॥ १ ॥ ब्रह्मसम्बन्धसंबद्धमबद्धं कर्मभिर्नृप ॥ पुरस्ताद्ब्रह्म संपन्नं ब्रह्मणो यददक्षिणम् ॥ २ ॥ अव्यक्तं कारणं यत्तन्नित्यं सदसदात्मकम् ॥ निष्कलः पुरुषस्तस्मात्संबभूवात्मयोनिजः ॥ ३ ॥ दिव्यो दिव्येन वपुषा सर्वभूतपतिर्विभुः ॥ अचिन्त्यश्चाव्ययश्चैव युगानां प्रभवोऽव्ययः ॥ ४ ॥ अभूतश्चाप्यजातश्च सर्वत्र समतां गतः ॥ अव्यक्तात्परमं यत्तन्नारायणविदो विदुः ॥ ५ ॥ सर्वतः पाणिपादं तं सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ॥ सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ ६ ॥ असतश्च सतश्चैव विज्ञेयं तत्र कारणम् ॥ अव्यक्तो व्यक्तरूपस्थश्चरन्नपि न दृश्यते ॥ ७ ॥ विकारपुरुषोऽव्यक्तो ह्यरूपी रूपमाश्रितः ॥ चरत्यचिन्त्यः सर्वेषु गूढोऽग्निरिव दारुषु ॥८॥ भूतभव्योद्भवो नाथः परमेष्ठी प्रजापतिः ॥ प्रभुः सर्वस्य लोकस्य नाम चास्येति तत्त्वतः ॥ ९ ॥ अपदात्तु पदो जातस्तस्मान्नारायणोऽभवत् ॥ अव्यक्तो व्यक्तिमापन्नो ब्रह्मयोगेन कामतः॥ १० ॥ ब्रह्मभावे च तं विद्धि स शब्दं लब्धवान्प्रभुः ॥ प्रभुः सर्वस्य लोकस्य स्थावरस्येतरस्य च ॥ ११ ॥ अहं त्विति स होवाच प्रजाः स्रक्ष्यामि भारत ॥ प्रभवः सर्वभूतानां यस्य तन्तुरिमाः प्रजाः ॥ १२ ॥ स्वभावा-

देहमें स्थित होकर नित्य विचरण करता है, किन्तु कभी प्रत्यक्ष नहीं दिखायी पड़ता ॥ ७ ॥ वह चिदात्मा वस्तुतः रूपरहित है, केवल मात्रादि रूपोंके आधारपर व्यक्तरूपमें भासमान होता है। जिस तरह अग्नि गूढ़भावसे काष्ठमें छिपा रहता है, उसी प्रकार अचिन्त्यस्वरूप चिदात्मा सभी जीवोंमें गूढ़भावसे विचरण करता रहता है। इसी कारण उसे कोई नहीं देख पाता ॥ ८ ॥ वह काल तथा अवस्थाभेदसे भूत, भविष्य और वर्तमान कालके रूपमें परिणत हो जाता है। वह सबका प्रभु, परमस्थान, स्थायी, प्रजापति एवं वही सब जीवोंका स्वामी है ॥९॥ उस दुर्ज्ञेय नारायणसम्भूत आत्मासे अहंकारतत्त्वकी सृष्टि होती है। वह अव्यक्त होता हुआ भी पूर्वार्जित संस्कारोंवश ब्रह्मयोगके द्वारा व्यक्त भी हो जाता है। उस चरणविहीन प्रभुकी इच्छामात्रसे अनेक चरण हो जाते हैं और उसीसे नारायणकी उत्पत्ति होती है ॥ १० ॥ वह स्थावर-जङ्गमात्मक चराचर विश्वका स्वामी है। उसीको लोग ब्रह्म कहते हैं ॥ ११ ॥ वही 'सोऽहम्' नाम धारण करके 'मैं सृष्टि करूँगा' यह कहकर जब सृष्टिकार्यके लिए सन्नद्ध हो जाता है, तब उसी सर्वभूतात्मा प्रभुके शरीरसे समस्त प्रजाकी उत्पत्ति होती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है ॥ १२ ॥ फलतः अहंकारतत्त्व, अन्यान्य वस्तु और यह विश्व, सब कुछ उसीसे जायमान होता है ॥ १३ ॥ वह विजयी, निरालम्ब, सर्वव्यापी, अदृश्यमान तथा ज्योतिर्मय पदार्थ ही ब्रह्म कहलाता है ॥ १४ ॥ यद्यपि परब्रह्म स्वयं अव्यक्त रहता है, तथापि वह वासनामात्रसे सूक्ष्मभूत पाँच प्रकारकी उपाधियाँ धारण करके वेदोक्त नियमानुसार विविध भौतिक पदार्थोंको शीघ्र सृष्टि करने लगता है ॥ १५ ॥ जिस जलमें समस्त विश्व व्याप्त रहता है, वह जल ही पृथिवी आदिकी सृष्टिका आदि कारण होता है। अतएव सर्वप्रथम ब्रह्माजी जलकी हा सृष्टि करते हैं ॥ १६ ॥ जलसे भी पहले उन्होंने वायुकी मृष्टि की। ब्रह्माजी ईश्वरवशवर्ती मरीचि आदि धाताओंमें सर्वश्रेष्ठ हैं। वे समस्त संसारको धारण करते हैं। अतएव लोगोंमें वे 'धाता' नामसे विख्यात हैं ॥ १७ ॥ संसारके जो प्राणी शम-दम आदि गुणोंसे विभूषित रहते हैं, उन्हें शीघ्र मुक्ति मिल जाती है। पहले यह जगत् समुद्रके जलमें निमग्न था।

जायते सर्वं स्वभावाच्च तथाऽभवत् ॥ अहंकारः स्वभावाच्च तथा सर्वमिदं जगत् ॥ १३ ॥ सर्वव्यापी निरालम्बो ह्यग्राह्योऽथ जयो ध्रुवः ॥ एवं ब्रह्ममयो ज्योतिर्ब्रह्मशब्देन शब्दितः ॥१४॥ अव्यक्तो व्यक्तिमापन्नः पञ्चभिः क्रतुलक्षणैः ॥ धारयन्ब्रह्मणो व्यक्तं विविधं चिन्तितं स्वरन् ॥ १५ ॥ अथ मूर्तिं समाधाय स्वभावाद्ब्रह्मचोदितः ॥ ससर्ज सलिलं ब्रह्मा येन सर्वमिदं ततम् ॥ १६ ॥ वायुं पूर्वमथो सृष्ट्वा यो धातुर्धातृसत्तमः ॥ धारणाद्धातृशब्दं च लभते लोकसंज्ञितम् ॥१७॥ तदेतद्वायुसंभूतं कृत्स्नं जगदभूत्पुरा ॥ एतद्देवैरतिक्रान्तं पूर्वमेव सरस्वति ॥१८॥ पृथक्त्वं गमितं तोयं पृथिवीशब्दमिच्छता ॥ घनत्वाच्च द्रवत्वाच्च निखिलेनोपलभ्यते ॥ १९ ॥ फलत्वात्सीदमानाच्च सलिले सलिलोद्भवः ॥ व्याजहार शुभां वाणीं समन्तात्पूरयन्निव ॥२०॥ ऊर्ध्वोऽहं स्थातुमिच्छामि संसीदाम्युद्धरस्व माम् ॥ गम्भीरे तोयविवरे मूर्तिविक्षोभितान्तरम् ॥२१॥ ततो मूर्तिधरा देवी सर्वभूतप्ररोहिणी ॥ यथायोगेन संभूता सर्वत्र विषयैषिणी ॥ २२ ॥ श्रुत्वा च गदितं तस्या गिरं तां च सुभाषिताम् ॥ वराहरूपमास्थाय निपपात महार्णवे ॥ २३ ॥ उद्धृत्य सोऽवनिं तोयात्कृत्वा कर्म सुदुष्करम् ॥ समाधौ प्रलयं गत्वा प्रलीनो न च दृश्यते ॥ २४ ॥ यत्तद्ब्रह्ममयं ज्योतिराकाशमिति संज्ञितम् ॥ तत्र ब्रह्मा समुद्भूतः सर्वभूतपितामहः ॥ २५ ॥ अद्यापि मनसा धात्रा धार्यते सर्वयोगिना ॥ ज्ञानयोगेन सूक्ष्मेण

उसके वाद जब ब्रह्माको जलसे पृथक्त्वभाव प्राप्त करके लोगोंके निवासस्थान सृष्टिकी इच्छा हुई तो भूमि और जल पृथक्-पृथक् हो गये। तभीसे लोगोंको घनत्व तथा द्रवत्वगुणसम्पन्न पृथिवी तथा जलका ज्ञान हुआ ॥ १८ ॥ १९ ॥ जलसे जायमान देवी पृथिवी जब जलमें डूबी हुई थीं, तब वहाँसे ही गम्भीर स्वरमें उन्होंने कहा—देव ! इस अगाध जलमें निमग्न रहनेके कारण मैं बहुत क्लेश पा रही हूँ। अतएव आप मेरा उद्धार करिए। अब मैं ऊपर उठना चाहती हूँ ॥ २० ॥ २१ भूतधात्री भगवती वसुन्धराने जब ऐसा कहा तो देवादिदेव नारायणने पृथिवीके कातर वचन सुनकर महावराहरूप धारण किया और उस सुगभीर समुद्रमें डुबकी लगाकर पृथिवीको जलसे बाहर निकाल लिया। तदनन्तर वे अपने समाधियोग-के प्रभावसे अन्तर्धान हो गये ॥ २२–२४ ॥ हे महाराज ! वे ज्योतिर्मय नारायण ही आकाशस्वरूप थे और उन्हींसे पितामह ब्रह्माकी उत्पत्ति हुई थी ॥२५॥ आज भी व जगत्कारण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्म ही प्राणियोंका कल्याण करनेके लिए ज्ञान और योगबलसे पृथिवीको धारण किये हुए हैं ॥ २६ ॥ तदनन्तर सूर्यदेव पृथिवीका मध्यभाग विदीर्ण करके ऊपर आकाशमें चले गये। उनके ऊपर उठते समय ऐसा मालूम पड़ा कि मानो वे अपनी किरणोंसे सब कुछ जला डालेंगे ॥ २७ ॥ तदनन्तर उस सूर्यमण्डलके मध्यसे एक और मण्डल निकला। भगवान ब्रह्माने उस मण्डलसे सौम्यत्व प्राप्त किया था, इस कारण वह सोममण्डल कहलाया ॥ २८ ॥ उस सोममण्डलसे निःश्वासवायु निकला। वह निःश्वासवायु सर्वप्रकाशन तथा वर्णात्मक ज्योतिसम्पन्न था। वह ज्योति ही संसारमें वेदके नामसे विख्यात हुई ॥ २९ ॥ भगवान नारायणने अपनी इच्छासे उस योगमयी ज्योतिसे वेदनिदान सनातन पुरुषकी सृष्टि की ॥ ३० ॥ उस सनातन पुरुषके शरीरका द्रवभाग जल, काठिन्य पृथिवी, छिद्र आकाश, ज्योति नेत्र और उसके शरीरका स्पन्दन ही वायु था। इस प्रकार उस परमपुरुषसे ही पाञ्चभौतिक शरीरकी उत्पत्ति हुई है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ अतएव वह परमपुरुष सब प्राणियोंमें समानभावसे स्थित रहता है और उस परब्रह्मका ज्ञान सब जीवोंकी बुद्धिमें विद्यमान

प्रजानां हितकाम्यया ॥ २६ ॥ भित्त्वा तु पृथिवीमध्यमुपयाति समुद्भवम् ॥ तपनस्तूर्ध्वमातिष्ठन्रश्मिभिः स दहन्निव ॥ २७ ॥ तस्य मण्डलमध्यात्तु निःसृतं सोममण्डलम् ॥ स सनातनको ब्रह्मा सौम्यं सोमत्वमन्वगात् ॥ २८ ॥ सोममण्डलपर्यन्तात्पवनः समजायत ॥ तदक्षरमयं ज्योतिस्तेजोभिरभिवर्द्धयन् ॥ २९ ॥ स तु योगमयज्ज्ञानात्स्वभावाद्ब्रह्मसंभवात् ॥ सृजते पुरुषं दिव्यं ब्रह्मयोनिं सनातनम् ॥ ३० ॥ द्रवं यत्सलिलं तस्य घनं यत्पृथिवी भवत् ॥ छिद्रं यच्च तदाकाशं ज्योतिर्यच्चक्षुरेव तत् ॥ ३१ ॥ वायुना स्पन्दते चैनं संघाताज्ज्योतिसंभवः ॥ पुरुषात्पुरुषो भावः पञ्चभूतमयो महान् ॥ ३२ ॥ भूतात्मा वै समे तस्मिंस्तस्मिन्देहः सनातनः ॥ गुहायां निहितं ज्ञानं योगाद्यज्ञः सनातनः ॥ ३३ ॥ तपनस्यैव तद्रूपं योऽग्निर्वसति देहिनाम् ॥ शरीरे नित्यशो युक्ते धातुभिः सह संगतः ॥ ३४ ॥ स्वभावात्क्षयमायाति स्वभावाद्वृद्धयमेति च ॥ स्वाभावाद्विन्दते शान्तिं स्वभावाच्च न विन्दति ॥ ३५ ॥ इन्द्रियैर्व्यतिमूढात्मा मोहितो ब्रह्मणः पदे ॥ सम्भवं निधनं चैव कर्मभिः प्रतिपद्यते ॥ ३६ ॥ यावच्चद्ब्रह्मविषयं नोपयातीह तत्त्वतः ॥ तावत्संसारमाप्नोति सम्भवांश्च पुनः पुनः ॥ ३७ ॥ इन्द्रियैर्व्यतिरिक्तो वै यदा भवति योगवित् ॥ तदा ब्रह्मत्वमापन्नः प्रलयाग्रे प्रतिष्ठति

रहा करता है। जब योगसाधन द्वारा उस सत्यज्ञानका उदय होता है, तब आत्मा और ईश्वरमें अभेदज्ञान स्वतः उत्पन्न हो जाता है ॥ ३३ ॥ समस्त देहधारियोंके शरीरमें जो पञ्चभूतोंके साथ तपनरूपसे जठराग्नि विद्यमान रहती है, उसीको मूढ़ लोग जीव तथा तत्त्वदर्शीगण ईश्वर (आत्मा) कहते हैं ॥ ३४ ॥ वह आत्मा ही पूर्वसंस्कारके गुण तथा अवगुणवश ऐश्वर्य-अनैश्वर्य एवं शान्ति-अशान्तिका भोग करता है ॥ ३५ ॥ इन्द्रियविमोहित मूढ़ प्राणी ब्रह्मज्ञानसे रहित होकर अपने-अपने कर्मों और गुणों द्वारा जन्म-मृत्युके फेरमें पड़े रहते हैं ॥ ३६ ॥ वे मूढ़ जब तक अपनी ज्ञानदृष्टि उन्मीलित करके ब्रह्मानन्दका अनुभव नहीं करते, तबतक संसारमें बारम्बार उनका आवागमन बना रहता है ॥ ३७ ॥ इसके विपरीत जो लोग ज्ञानबलसे इन्द्रियोंको वशमें करके योगावलम्बन करनेमें समर्थ होते हैं, वे अनायास ब्रह्मानन्दका भोग करके प्रलयके आगेवाली परमानन्दकी स्थायी स्थिति प्राप्त कर लेते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं ॥ ३८ ॥ अतएव ज्ञानवान् लोग ऐहिक सुखोंको तुच्छ समझकर विषय-वासनामें कभी भी आसक्त नहीं होते ॥ ३९ ॥ प्रत्युत वे स्वयं सिद्धि प्राप्त करके भोगासक्त व्यक्तियोंके गर्भप्रवेश, गर्भनिर्गमन तथा मृत्यु प्रभृति कर्मफलोंको देखते हुए भूत-भविष्यके सभी कर्मफलोंको प्रत्यक्ष अवलोकन करके अपनी मुक्तिका उपाय जान लेते हैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ जो लोग विषय-वासनाके प्रबल लोभ द्वारा परिचालित होकर वायुके वेगसे विक्षोभित समुद्रके समान मनुष्यके मनमें हलचल उत्पन्न कर देते हैं, ब्रह्मवेत्तागण उन चित्ताकर्षक तथा दुःखस्मारक वासनाओंको रोक देते हैं ॥ ४२ ॥ इस प्रकार जिस ज्ञानबल द्वारा कामादि विषयोंकी ओरसे हृदयको निवृत्त किया जाता है और जिससे स्वतः मनःशुद्धि हो जाती है, वही वास्तविक ब्रह्मज्ञान होता है एवं वही ज्ञानलाभ होनेपर आत्मा देहबन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ ४३ ॥ जो लोग यथार्थ ब्रह्मज्ञानी होते हैं, वे तेजोमूर्ति ब्रह्माके समान अपने ज्ञानबलसे इहलोक तथा परलोकको सृष्टि तथा संहार तक करनेमें समर्थ हो जाते हैं ॥ ४४ ॥ वे ब्रह्मज्ञानी पुरुष नरक सदृश फलभोगी एवं पशु-पक्षियोनिगत जीवोंको भी मुक्त कर देते

॥ ३८ ॥ प्रतिषिद्धममुं लोकं ब्रह्मवान्स भवत्युत ॥ न च रागव्ययैर्याति न च सज्जति कर्हिचित् ॥ ३९ ॥ आगतिं च गतिं चैव निधनं सम्भवं तथा ॥ भूतेभ्यो वेत्ति सर्वज्ञः परां सिद्धिमुपागतः ॥ ४० ॥ आत्मनो गतयश्चैव तथा विषयगोचरम् ॥ पुरस्तात्कर्मनिर्वृत्तेः पदे ब्रह्म प्रतिष्ठितम् ॥ ४१ ॥ चित्तग्रन्थींश्च मनसा रुन्ध्यात्पूर्वाश्च यातनाः ॥ विद्यमानाः प्रलोभेन वायुभिन्नमिवार्णवम् ॥ ४२ ॥ पच्यते हृदयं नीलं परेभ्यो ज्ञानचक्षुषा ॥ ब्रह्मप्रोक्तमिवात्मा वै विमुक्तो देहबन्धनात् ॥ ४३ ॥ सृजेदपि परं लोकं संहरेदपि विद्यया ॥ तेजोमूर्तिरिवाविद्धमिह लोकं च संसृजेत् ॥ ४४ ॥ तिर्यग्योनौ गतांश्चैव कर्मभिर्नियमोपमैः ॥ तान्यपि प्रतिमुच्येत ब्रह्मयुक्तेन चेतसा ॥ ४५ ॥ अक्षरं च क्षरं चैव योगकर्माभिविद्यते ॥ न क्षरं विद्यते तत्र यद्ब्रह्म कर्मभिर्ध्रुवम् ॥ ४६ ॥ इति श्रीमन्महाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौष्करे षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पृथिव्यां यत्कृतं छिद्रं तपनेन विवर्द्धता ॥ तस्मिन्न्यस्तोऽथ मैनाकः स्वभावविहितोऽचलः ॥ १ ॥ पर्वभिः पर्वतत्वं च लभते नाम संज्ञितम् ॥ अचलादचलत्वं च स्वभावान्मेरुरेव सः ॥२॥ यस्य पृष्ठे सुविस्तीर्णे नगस्य सुमहर्द्धिमान् ॥ तस्मिंस्तु पुरुषो व्यक्तो वसति ज्योतिरुद्भवः ॥ विहितश्च स्वभावेन तेनैव परमात्मना ॥३॥ यत्तद्ब्रह्ममयं तेजो निहितं शिरसोऽन्तरे ॥ तस्य ज्योतिर्मयं रूपं दीप्तं पुरुषविग्रहम् ॥ ४ ॥

हैं ॥ ४५ ॥ भोग और मोक्ष ये दोनों ही योगधर्मके फल हैं, किन्तु सत्यस्वरूप ब्रह्ममें कर्मफलभोगका लेश भी नहीं रहता ॥ ४६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

(शुभाशुभ कर्मफल) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! मैं पहले ही बता चुका हूँ कि सूर्यदेव पृथिवीका मध्यभाग विदीर्ण करके ऊपर उठ जाते हैं। सो सूर्यके उत्थान करते समय पृथिवीमें जो छिद्र होता है, उसमें अचल स्वभाव मैनाक तथा सुमेरु पर्वत अधिष्ठित हो जाता है ॥ १ ॥ उसमें पर्व अर्थात् कामपूरक कल्पद्रुम-कामधेनु प्रभृतिका निवास रहता है, अतएव उसका नाम पर्वत पड़ता है। उसमें चलने-फिरनेकी सामर्थ्य नहीं रहती, इसी कारण उसे अचल कहते हैं ॥ २ ॥ उस सुमेरुपर्वतकी विस्तृत पीठपर ज्योतिर्मयी पुरुषाकृति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परमात्माका निवास रहता है ॥३॥ वेदान्तके गर्भमें जो ब्रह्ममय तेज निहित रहता है, वही परमात्माके ज्योतिर्मय प्रदीप्त पुरुषका विग्रह होता है ॥ ४ ॥ उस पुरुषके मुखसे चार मुखयुक्त तथा प्रदीप्त पावकके समान जो तेज निकलता है, उसे ही चतुर्मुख कहते हैं। ब्रह्मके मुखसे उसकी उत्पत्ति होती है, इसी कारण उसे ब्रह्मा कहते हैं और द्विजका नाम ब्राह्मण पड़ता है। ब्रह्मके मुखसे उत्पन्न होनेके कारण ही ब्राह्मण पूजनीय माने जाते हैं ॥ ५ ॥ ६ ॥ जिन वाराहरूपधारी भगवान ब्रह्मने ब्रह्मके जलमय शरीरसे वसुन्धरा देवीका उद्धार किया था, वे ही अलौकिक गुणसम्पन्न चतुर्मुख, पृथ्वीके उद्धारकर्ता तथा विधाता के नामसे विख्यात होते हैं ॥७॥ सुमेरु पर्वतकी पदसन्धियोंमें जो शिखर हैं, उन्हींको ब्रह्मलोक कहते हैं। वह शिखर सौ हजार योजन ऊँचा और चार सौ हजार योजन विस्तृत है। अथवा अपने ज्ञानबलसे यदि कोई सौ हजार वर्षमें भी उसके दैर्घ्य तथा विस्तारकी नाप-जोख करना चाहे तो नहीं कर सकेगा ॥ ८ ॥ ९ ॥ चार विस्तृत शिलामय स्तम्भों द्वारा परिवृत उस सुमेरुकी परिधि भी असीम है। हे महाराज ! योगयुक्त एवं ब्रह्मपरायण सिद्ध ब्रह्मचारी भी कई सौ करोड़ योजन

वदनादभिनिष्क्रान्तं ज्वलन्तमिव तेजसा ॥ चतुर्भिर्वदनैर्युक्तं चतुर्भिश्च भुजोत्तमैः ॥ ५॥ वक्त्रं ब्रह्मसमुद्भूतं ब्रह्मा ब्राह्मणपुङ्गवः ॥ तदेव तन्महाभूतं पुनर्भावत्वमागतम् ॥ ६ ॥ उद्धृता पृथिवी देवी पुरस्तात्सलिलाशयात् ॥ ब्रह्मत्वं ब्रह्मणः स्थानादलोको लोकतां गतः ॥ ७ ॥ पदसंधौ ब्रह्मलोकं शृङ्गं मेरोस्तदाऽभवत् ॥ उच्छ्रितं योजनशतं सहस्रशतमेव च ॥८॥ एवमेव च विस्तारं चतुर्भिर्गुणितं गुणैः ॥ अथवा नैव संख्यातुं शक्यं भूतेन केनचित् ॥ ९ ॥ चतुर्भिः पार्श्वविस्तारैः शिलाभिरभिसंवृतैः ॥ नगस्य यस्य राजेन्द्र विस्तारैः शतयोजनैः ॥ १० ॥ कोटिकोटीशतगुणैर्गुणितं ब्रह्मवादिभिः ॥ योगयुक्तैः सदा सिद्धैर्नित्यं ब्रह्मपरायणैः ॥ ११ ॥ मरुद्भिः सह देवेन्द्रै रुद्रैर्वसुभिरेव च ॥ आदित्यैर्विश्वसहितै ररक्ष वसुधाधिपान् ॥ १२ ॥ ररक्ष पृथिवीं चैव भगवान्विष्णुना सह ॥ विवस्वद्वरुणाभ्यां च संघातं गमितां नृप ॥ १३ ॥ तेन ब्राह्मेण वपुषा ब्रह्मप्राप्तेन भारत ॥ यत्तद्विष्णुमयं तेजः सर्वत्र समतां गतम् ॥ १४ ॥ यच्चद्ब्रह्मेति वै प्रोक्तं ब्राह्मणैर्वेदपारगैः ॥ नियमैर्बहुभिः प्राप्तैः सत्यव्रतपरायणैः ॥ १५ ॥ एवमेते त्रयो लोका ब्राह्मेऽहनि समाहिताः ॥ अहनि ब्रह्म चाव्यक्तं व्यक्तं प्राणे प्रतिष्ठितम् ॥ १६ ॥ ब्रह्मणो नियतं कर्म प्रभावेण प्रचोदितम् ॥ प्रवर्त्तमानं भावेन शश्वदच्छलवा-

उसका विस्तार बताते हैं। फलतः सुमेरु पर्वतकी उँचाई और उसका विस्तार अनन्त है ॥ १० ॥ ११ ॥ भगवान ब्रह्मा और विष्णु सम्मिलितरूपसे अपने तेज द्वारा इस पृथिवी तथा पृथ्वीतलके राजाओंका पालन करते हुए मोक्षप्रद कर्म तथा ज्ञानके उपदेश द्वारा उनकी रक्षा करते हैं। यह पृथिवी उनचास पवन, इन्द्रादि देवता, एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य, विश्वेदेव और वरुणदेव द्वारा आकीर्ण रहती है। जो विष्णुमय तेज सर्वत्र समानभावसे विद्यमान रहता है, वेदपारगामी ब्राह्मण उसे ही ब्रह्मतेज कहते हैं ॥१२–१५॥ साधारणतः त्रिभुवनके समस्त लोक जिस अव्यक्त ब्रह्मको यज्ञाधीन समझते हैं, उसे ही योगीगण अपने योगबलसे स्पष्टतः हृदयमें स्थित मानते हैं ॥ १६ ॥ अच्छलवादी जन आन्तरिक प्रयत्नके साथ जो वेदविहित कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं, वही उनका नित्यकर्म है अर्थात् जो कर्म न करनेसे बाधा आनेकी सम्भावना हो, वेदवेत्ता ब्राह्मणगण उस कार्यको हितकर मानते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं ॥ १७ ॥ किन्तु कर्मजनित सुकृतिके फलसे जो विशेष लाभ होता है, वह उस परब्रह्मका अंशमात्र है। वह परब्रह्म कर्मप्राप्य न होकर नित्यसिद्ध एवं आत्मस्वरूप है। उसका प्रभाव अपार और अनन्त है। इस संसारमें इन्द्र, मित्र और वरुण जिसे प्रसन्न करनेके लिए यज्ञ करते हैं, वही उसका स्वरूप है। इसी कारण सत्यपरायण ब्राह्मणगण उसे विश्वशब्दसे सम्बोधित करते हैं ॥ १८ ॥ १९ ॥ हे महाराज! जिसने विश्वरूप अर्थात् स्थूल, मनोरूप अर्थात् सूक्ष्म तथा बुद्धिरूप जानकर स्त्री-पुरुषात्मक जगत्की सृष्टि की ॥ २० ॥ फलतः वह ब्रह्मा उस रूपान्तरित स्त्रीके साथ मिलकर कश्यपादि प्रजापतियोंके सहयोगसे विपुल भोगोंकी सृष्टि करके इस विश्वमें विराजमान है ॥ २१ ॥ निर्वाणपदाभिलाषी ब्रह्मवेत्ताओंमें अग्रणी, नित्यरूप एवं सत्यपरायण महात्माओंके सर्वस्व ब्रह्मा ही सबके नियन्ता हैं ॥ २२ ॥ सलिलधारारूपी परमेश्वरसे ही सोमदेवकी उत्पत्ति हुई। तदनन्तर भगवान उसी जलधारा द्वारा महेश्वरको समस्त जीवोंके अध्यक्षपदपर अभिषिक्त करके बहुत ही गम्भीर शब्दोंमें गर्जन करने लगे। उनके इस प्रकार नाद करनेके कारण उस सलिलधाराका नाम नदी

दिनाम् ॥ १७ ॥ एतद्धितमिति प्रोक्तं ब्राह्मणैर्वेदपारगैः ॥ यदेकं ब्रह्मणः पादं दिष्टत्वं गमितं पदम् ॥ १८ ॥ बहुत्वाद्विप्रभावानां विश्वशब्दः प्रयुज्यते ॥ ब्राह्मणैर्ब्रह्मभूतात्मा सत्यव्रतपरायणैः ॥ १९ ॥ विश्वरूपं मनोरूपं बुद्धिरूपं च मानयन् ॥ एवं द्वन्द्वं स भगवान्प्रथमं मिथुनं सृजत् ॥२०॥ स एव भगवान्विश्वो देव्या सह सनातनः ॥ विधाय विपुलान्भोगान्ब्रह्मा चरति सानुगः ॥२१॥ स एष भगवान्ब्रह्मा नित्यं ब्रह्मविदां वरः ॥ निर्वाणभयगन्तॄणामकिंचनपथैषिणाम् ॥ २२ ॥ सोमात्सोमः समुत्पन्नो धारासलिलविग्रहात् ॥ यथाभिषिक्तो भूतानामाधिपत्ये महेश्वरः ॥ २३ ॥ अभिषिच्य च भूतेशं कृत्वा कर्म स्वभावतः ॥ नदति स्म तदा नादं तेन सा ह्युच्यते नदी ॥ २४ ॥ सा ब्रह्मलोकं सम्भाव्य अभिभूय सहस्रधा ॥ गां गता गगनाद्देवी सप्तधा प्रससार च ॥ २५ ॥ सहस्रधा च राजेन्द्र बहुधा च पुनः पुनः ॥ इमं लोकममुं चैव भावयन्क्षरसम्भवम् ॥ २६ ॥ ततो भूतानि रोहन्ति महाभूतफलानि च ॥ ततः सर्वे क्रियारम्भाः प्रवर्त्तन्ते मनीषिणाम् ॥ २७ ॥ चतुर्भिर्वदनैस्तस्य मुखपद्माद्विनिःसृता ॥ तदाऽक्षरमयी सिद्धिर्दिशत्वं मुपागता ॥ २८ ॥ तस्य ज्ञानमयं पुण्यं चतुष्पादं सनातनम् ॥ पतित्वेनाभवद्देवो ब्रह्मा चात्र पितामहः ॥ २९ ॥ पादा

पड़ गया ॥ २३ ॥ २४ ॥ वह नारायणरूपिणी नदी ब्रह्मलोकको पवित्र करके मार्ग-अवरोधक पर्वतादिका विदारण करती हुई गगनमण्डलसे पृथिवीपर चली आयी। इसीसे उसका नाम गंगा पड़ा। यहाँ गंगा गोदावरी प्रभृति सात धाराओंमें विभक्त हो गयी ॥ २५ ॥ तत्पश्चात् ईश्वरसे उत्पन्न इहलोक तथा परलोकमें अपनी महिमाका विस्तार करनेके लिए गंगाजी कितने ही सौ तीर्थोंके रूपमें प्रसिद्ध होकर आज भी उनका मान बढ़ा रही हैं, उनकी कोई सीमा नहीं है ॥ २६ ॥ उन गंगाजीके जलसे जो तैजस धान्यादि बीज अंकुरित हुए, उनके द्वारा जरायुज-अण्डजादि विभिन्न प्रकारके जीवोंकी वृद्धि होने लगी। धान्यादि बीज एवं मनुष्यादि जीव ही नियमानुसार मनीषी पुरुषोंके कार्यसंचालनमें मुख्यरूपसे सहायक होते हैं ॥२७॥ ब्रह्माजीके मुखारविन्दसे जो अक्षरमय चार वेद निकले थे, वे ही चारों वेद ब्रह्मप्राप्तिके उपाय तथा उपदेशस्वरूप हो गये ॥२८॥ यह वेद ज्ञानमय तथा पुण्यका मूल कारण होनेसे यज्ञ ब्रह्मा, उद्गाता, होता और अध्वर्यु इन चार चरणोंसे सम्पन्न होकर अनन्त हो गया। लोकपितामह ब्रह्मा स्वयं उस अनन्त यज्ञके अधिपति हुए ॥ २९ ॥ स्वर्गप्राप्तिके प्रधान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साधन धर्मके भी चार चरण हैं। धर्म उन्हीं चारों चरणोंके द्वारा इस संसारको धारण किये रहता है। ब्रह्मचर्य-गार्हस्थ्य आदि चारों आश्रम ही धर्मके चारों चरण होते हैं। उनमें स्वाध्यायसम्पन्न ब्रह्मचर्य आश्रम प्रथम, अति पुनीत गृहस्थाश्रम द्वितीय, तपोभावसम्पन्न वानप्रस्थाश्रम तृतीय एवं ब्रह्मप्रापक विचार तथा ध्यानसम्पन्न संन्यासाश्रम धर्मका चतुर्थ चरण है। धर्मके ये चारों चरण स्वर्ग तथा अपवर्गके हेतु माने गये हैं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ श्रवण-मननादिविषयक विचारके संयोगसे ही गूढ़तम योगज्ञानका लाभ होता है और उस ज्ञान-बलसे इस ब्रह्माण्डमण्डलमें मनोवृत्तिका उत्कर्ष होता है। उस उत्कर्षके बलसे ही वेद ब्रह्मचर्यका प्रमाण होता है ॥ ३२ ॥ गार्हस्थ्यधर्मावलम्बी जन जब इस प्रकार योगयुक्त होते हैं तो पितर और मेरुशिखरपर रहनेवाले ऋषिगण उन गृहस्थोंके कार्यकलाप देखकर तृप्त हो जाते हैं ॥ ३३ ॥ ब्रह्मचर्यादि आश्रमसम्पन्न ऋषिगण उसी सुमेरुपर्वतके शिखरपर नित्य उत्कर्षका दर्शन करते हुए विराजमान होकर मेढ्रपर वाम तथा दक्षिण चरणका गुल्फभाग रखते हैं। जानुसन्धिपर चिबुकसंयोग, पृष्ठदेशका विनयन, हास्यभावके कारण

धर्मस्य चत्वारो यैरिदं धार्यते जगत् ॥ ब्रह्मचर्येण व्यक्तेन गृहस्थेन च पावने ॥ ३० ॥ गुरुभावेन वाक्येन गुह्यगामिनगामिना ॥ इत्येते धर्मपादाः स्युः स्वर्गहेतोः प्रचोदिताः ॥ ३१ ॥ न्यायाद्धर्मेण गुह्येन सोमो वर्धति मण्डले ॥ ब्रह्मणो ब्रह्मचरणाद्वेदा वर्तन्ति शाश्वताः ॥ ३२ ॥ गृहस्थान-भिवाक्येन तृप्यन्ति पितरस्तथा ॥ ऋषयोऽपि च धर्मेण नगस्य शिरसि स्थिताः ॥ ३३ ॥ नगस्य तस्य सम्पश्य मेरोः शिखरमुत्तमम् ॥ पद्भ्यां सम्पीड्य वृषणावृषिभिस्तैर्विचार्यते ॥ ३४ ॥ ग्रीवां निगृह्य पृष्ठं च विनाम्य प्रहसन्निव ॥ नाभिदेशे करौ न्यस्य सर्वशोऽङ्गानि संक्षिपन् ॥ ३५ ॥ मूर्ध्नि ब्रह्म समुत्क्षिप्य मनसाऽपि पितामहः ॥ असृजन्मनसा विष्णुं योगाद्योगेश्वरस्य च ॥ ३६ ॥ व्यतिरिक्तेन्द्रियो विष्णुर्बिम्बाद्बिम्बमिवोद्धृतः ॥ तेजोमूर्तिधरो देवो नभसीन्दुरिवोदितः ॥ ३७ ॥ रराज ब्रह्मयोगेन सहस्रांशुरिवापरः ॥ विराजन्नभसो मध्ये प्रभाभिरतुलं प्रभुः ॥ ३८ ॥ नोपल-भ्यति मूढानां प्रत्यक्षं ब्रह्म शाश्वतम् ॥ ललाटमध्ये तिष्ठन्तं द्विधाभूतं क्रियां प्रति ॥ ३९ ॥ ज्योतिश्चक्षुषि सम्बद्धं बिम्बं भास्करसोमयोः ॥ बुद्ध्या

दाँतपर दाँत न पड़े इस प्रकार दन्तविकास और नाभिदेशमें बायें हाथपर दाहिना हाथ रखने आदि विधियोंसे अङ्गसङ्कोचपूर्वक आसनारूढ़ होकर विचारमें प्रवृत्त होते हैं। यही योगियोंके आसनबन्धका प्रधान नियम है ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ इसके बाद योगी क्रमशः श्वासनिरोध करते हुए जीवात्माको नासिका तथा भ्रूयुगलके मध्यमें स्थापित करके मनमें विश्व-रूप विष्णुभगवानका चिन्तन करते हैं ॥ ३६ ॥ उस समय उनकी सब इन्द्रियाँ विषयोंसे निवृत्त हो जाती हैं और ज्ञानालोकसे हृदयमन्दिर देदीप्यमान हो उठता है। उस समय ऐसा लगता है कि मानो आकाशमें चन्द्रोदय हो गया है अथवा एक प्रतिबिम्बमें अन्य प्रतिबिम्ब निकल रहा है ॥ ३७ ॥ उस ब्रह्मयोगके कारण हृदयाकाशमें ज्ञानालोककी प्रभा इस तरह विराजमान हो जाती है, जैसे हृदयमें द्वितीय सूर्यका उदय हो गया हो ॥ ३८ ॥ फलतः किसी कर्मका उद्देश्य रखनेसे वह शाश्वत ब्रह्म नियम्य रहता है, अन्यथा नियन्ता हो जाता है। किन्तु वह द्विधाभूतात्मा ब्रह्म ललाटके मध्यमें प्रत्यक्षरूपसे अवस्थित रहता है। फिर भी मूढ़ मनुष्य उसे नहीं प्राप्त कर पाते ॥ ३९ ॥ चन्द्रमा और सूर्यकी प्रतिबिम्बरूपा ज्योति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नेत्रोंमें निहित रहती है। किन्तु जो लोग ध्याननिरत होकर मनको सुस्थिर कर सकते हैं, वे अन्तमें बुद्धियोगसे अनायास उसका दर्शन कर लेते हैं ॥ ४० ॥ सत्यव्रतपरायण वेदवेत्ता ब्राह्मणोंके सिवाय अन्य लोग उस परब्रह्मके प्रकृत तत्त्वको नहीं जान पाते ॥ ४१ ॥ क्योंकि प्रखर भोगतृष्णा सभी व्यक्तियोंको हिंसामें प्रवृत्त कर देती है। अतएव अन्यान्य प्रकारके कुकर्म उनके हृदयपर अधिकार कर लेते हैं। ऐसी दशामें वे स्वतः उपार्जित विषयभोगको उत्तेजित करते हैं। अतएव वह व्यक्ति ऐश्वर्यभोगकृत मोहके मदसे मत्त होकर योगी होता हुआ भी उस महान् परमानन्दसे वंचित रह जाता है। इस प्रकार श्रेयःसाधक कर्मोंमें अनेक प्रकारके विघ्न उपस्थित होते हैं। अतएव मुक्तिप्राप्तिके निमित्त ब्रह्ममें मनको टिकाना आवश्यक कर्तव्य है। विषयभोग मनको अपनी ओर खींचते हैं। इसलिए मन विषयोंकी ओर आकृष्ट हो, उसके पहले ही उसे हृदयके भीतर प्रविष्ट करा तथा ब्रह्मप्रकाशक चैतन्यस्वरूपा ज्योतिसे मिला देनेपर एकाएक 'सोऽहम्' भावनाकी सिद्धि हो जाती है। वह विशुद्ध और चैतन्य ज्योति ही आकाशादिकी उत्पत्तिका मूल कारण है। अकार,

पूर्वं तु पश्यन्ति अध्यात्मविषये रताः ॥ ४० ॥ ब्राह्मणा वेदविद्वांसः सत्यव्रतपरायणाः ॥ नेतरे जातु पश्यन्ति अध्यात्मं नावबुध्यते ॥ ४१ ॥
हिंसायोगैरयोगात्मा सर्वप्राणचरैर्नृप ॥ भूतयो भुवि भूतेशो मोहप्राप्तेन चेतसा ॥ ४२ ॥ कर्मभिः कुत्सितैरन्यैः सर्वंप्राणिवधैषिणाम् ॥ नराणां
योगमाधाय स्वेषु मात्रेषु भारत ॥ ४३ ॥ समाहितमना ब्रह्मन्मोक्षप्राप्तेन हेतुना ॥ चन्द्रमण्डलसंस्थानाज्ज्योतिश्चान्द्रं महत्तदा ॥ ४४ ॥ प्रविश्य
हृदयं क्षिप्रं गायत्र्या नयनान्तरे ॥ गर्भस्य सम्भवो यश्च चतुर्धा पुरुषात्मकः ॥ ४५ ॥ ब्रह्मतेजोमयो युक्तः शाश्वतोऽथ ध्रुवोऽव्ययः ॥ न चेन्द्रिय-
गुणैर्युक्तो युक्तस्तेजोगुणेन च ॥ ४६ ॥ चन्द्रांशुविमलप्रख्यो भ्राजिष्णुर्वर्णसंस्थितः ॥ नेत्राभ्यां जनयद्देव ऋग्वेदं यजुषा सह ॥ ४७ ॥ साम-
वेदं च जिह्वाग्रादथर्वाणं च मूर्द्धतः ॥ जातमात्रास्तु ते वेदाः क्षेत्रं विन्दन्ति तत्त्वतः ॥ ४८ ॥ तेन वेदत्वमापन्ना यस्माद्विन्दन्ति तत्पदम् ॥ ते
सृजन्ति तदा वेदा ब्रह्म पूर्वं सनातनम् ॥ ४९ ॥ पुरुषं दिव्यरूपाभं स्वैः स्वैर्भावैर्मनोभवैः ॥ अथर्वणस्तु यो योगः शीर्षं यज्ञस्य तत्स्मृतम्
॥ ५० ॥ ग्रीवाबाह्वन्तरं चैव ऋग्भागः स भवेत्ततः ॥ हृदयं चैत्र पार्श्वे च सामभागस्तु निर्मितः ॥ ५१ ॥ बस्तिशीर्षं कटीदेशं जङ्घोरुचरणैः सह ॥

उकार, मकार और चन्द्रबिन्दु इस चतुर्विधवर्णात्मक तथा चतुर्धा वह परम पुरुष है ॥ ४२-४५ ॥ वह शाश्वत एवं अक्षय पुरुष चैतन्यस्वरूप रहता है। इन्द्रियों द्वारा उसके साक्षात्कार करनेका कोई उपाय नहीं है। वह रूप आदि इन्द्रियगुणोंसे अतीत, किन्तु सुख-दुःख आदि मनके गुणोंसे सम्पन्न रहता है ॥ ४६ ॥ विमल चन्द्रकिरणोंके समान उस परब्रह्मकी दीप्ति बड़ी ही आनन्ददायिनी होती है। वह सत्स्वरूपसे प्रतीयमान होता हुआ भी शुक्ल-कृष्ण आदि वर्णयुक्त देहाकारमें विद्यमान रहता है। चारों वेद उसके मूर्त रूप हैं। ऋक् तथा यजुर्वेद उस परम पुरुषके नेत्रसे, सामवेद उसकी जिह्वाके अग्रभागसे एवं अथर्ववेद उसके मस्तकसे उत्पन्न हुआ है। इन चारों वेदोंने उत्पन्न होते ही स्वयं अपनी-अपनी उपाधि प्राप्त कर ली थी। इसीसे उनका नाम वेद पड़ा ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ इन चारों वेदोंने अपनी-अपनी इच्छाके अनुसार दिव्यरूपधारी जो एक सनातन पुरुषकी सृष्टि की, उसका नाम पड़ा ब्रह्मयज्ञ। उनमें अथर्ववेदके अंशसे उस सनातन पुरुषका मस्तक, ऋग्वेदसे ग्रीवा तथा बाहुमूल, सामवेदसे उसका वक्षःस्थल तथा दोनों पार्श्वभाग एवं यजुर्वेदसे उसका बस्तिशीर्ष कटिदेश, जंघा, ऊरु

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तथा चरणोंकी उत्पत्ति हुई। इस प्रकार अमररूपधारी चारों वेदोंसे दिव्यरूप उस यज्ञपुरुषका आविर्भाव हुआ ॥ ४९–५२ ॥ हे महाराज! यह वेदमय सनातन यज्ञ इहलोक-परलोक सर्वत्र सुखदायक है। इसमें हिंसाके लिए तनिक भी स्थान नहीं है ॥ ५३ ॥ ब्रह्मचर्यव्रत बड़ा कठोर व्रत होता है। योगसाधन और मनःसंयमके सिवाय शुष्क वितण्डावादसे ब्रह्मचर्य-व्रतकी सिद्धि नहीं होती। अतएव जो लोग ब्रह्मचर्यव्रतकी सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं वे ही वेदविद्, वे ही सर्वभूतभावन ब्रह्म एवं वे ही संसारमें यथार्थ सिद्ध पुरुष कहलानेके अधिकारी होते हैं। फलतः कर्मविरत वेदपारदर्शी मुनिगण उन्हींकी सिद्धिका आदर करते हैं और वे स्वयं भी मनःसंयम करके शान्ति लाभ करते हैं। जो मुनि ब्रह्मकी प्राप्तिके अधिकारी होते हैं, ऐसे वेदपारदर्शी महात्मा उसे विष्णुप्रापक यज्ञ कहकर निर्देश करते हैं ॥ ५४–५६ ॥ राजा जनमेजय बोले—हे मुनिवर! जैसे आग ईंधन न पाकर स्वतः बुझ जाती है, उसी प्रकार मन भोग्य विषयोंको न पानेपर अपने आप शान्त हो जाता है। इस प्रकार मन एक बार समाधिमें लीन हो करके फिर कभी विषयोंकी ओर क्यों आकृष्ट होता है? मैं इसका कारण

एवमेष यजुर्भागः संघातो यज्ञकल्पितः ॥ पुरुषो दिव्यरूपाभः सम्भूतो ह्यमरात्पदात् ॥ ५२ ॥ स हि वेदमयो यज्ञः सर्वभूतसुखावहः ॥ उभयोर्लोकयोस्तात हिंसावर्ज्यः सनातनः ॥ ५३ ॥ योगारम्भं कर्मसाध्यं ब्रह्मचर्यं सनातनम् ॥ प्रभवः सर्वभूतानां यो विन्दति स वेदवित् ॥ ५४ ॥ स सिद्धः प्रोच्यते लोके सिद्धिरेव न संशयः ॥ निर्मुक्तैः सर्वकर्मभ्यो मुनिभिर्वेदपारगैः ॥ ५५ ॥ वैष्णवं यज्ञमित्येवं ब्रुवते वेदपारगाः ॥ ब्रह्मणा नियमश्रान्ता वेदोपनिषदे पदे ॥ ५६ ॥ जनमेजय उवाच ॥ चेतसस्तूपलम्भं हि मनोग्राह्यस्य कामतः ॥ कारणं श्रोतुमिच्छामि यथा त्वं मन्यसे मुने ॥ ५७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ न ह्यस्य कारणं किञ्चिद्बाह्यं भवति भारत ॥ अन्तर्गतं कारणं तु शारीरं मानसं नृप ॥ ५८ ॥ येन वेद्यं विदुर्मर्त्या ब्राह्मणाः संशितव्रताः ॥ अवेद्यमपि वेद्यं च शक्यं वेत्तुं न कर्मणा ॥ ५९ ॥ ब्राह्मणेन विनीतेन सदा ब्रह्मनिषेविणा ॥ सदा विदितत्त्वेन सिद्धिहेतोर्महीपते ॥ ६० ॥ सदा चैव शुचिर्भूत्वा नियतो ब्रह्मकर्मणा ॥ उपतिष्ठेत स गुरुं बद्धाञ्जलिपुटो द्विजः ॥ ६१ ॥ सायं प्रातश्च तत्त्वज्ञो मोक्षकर्माणि कारयेत् ॥ विनीतो ब्रह्मभावेन समाहितमतिर्मुनिः ॥ ६२ ॥ सम्प्रपद्येत मनसा वैष्णवं पदमुत्तमम् ॥

जानना चाहता हूँ ॥ ५७ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! इस प्रकार मनके आकृष्ट होनेका कोई बाह्य कारण नहीं है, बल्कि शारीरिक तथा मानसिक किसी गूढ़ कारणसे ही ऐसी घटना घटित होती है ॥ ५८ ॥ शारीरिक तथा मानसिक दोनों प्रकारके कार्य ही मनमें उपस्थित होकर चित्तको चैतन्य कर देते हैं। जिस ज्ञानके द्वारा इन गूढ़ कारणादिकोंको जाना जा सकता है, उस ज्ञानको प्राप्त करना बहुत कठिन काम है। व्रतपारायण वेदवेत्तागणोंका कहना है कि शास्त्रालोचन और उपयुक्त आचार्यके उपदेशके अतिरिक्त केवल कर्म करनेसे उस ज्ञानकी उपलब्धि नहीं हो सकती ॥ ५९ ॥ बल्कि कर्म तो उस ज्ञानकी प्राप्तिमें बहुत बड़े विघ्नके रूपमें परिणत हो जाते हैं। किन्तु मोक्षलाभार्थी होकर वेदाध्ययन, विद्यामदविहीन होकर विनय-नम्रता आदिका प्रदर्शन, ब्रह्मयज्ञादिका अनुष्ठान, सदा पवित्र होकर ब्रह्मको कर्म समर्पण, हाथ जोड़कर आचार्यकी उपासना एवं प्रातः-सायंकालके समय धारणा-ध्यानादि सत्कर्मोंका पालन करनेसे विघ्नस्वरूप सभी असत्कर्मसमुदाय निवृत्त हो जाता है। गर्वविहीन होकर एकाग्र मनसे ब्रह्मको अपना मन अर्पित कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देना मोक्षार्थीके लिए आवश्यक कर्तव्य है। ऐसा करनेसे परम उत्कृष्ट विष्णुपद प्राप्त हो जाता है। वस्तुतः मनकी प्रसन्नता ही कर्म-उन्मूलन तथा परमानन्दप्राप्तिका प्रधान कारण है ॥६०-६३॥ चित्तके निर्विकार होनेपर अनायास परब्रह्मका साक्षात्कार हो जाता है और जन्मजनित दुःखभोग, ममता तथा सांसारिक स्नेहका बन्धन कट जाता है ॥६४॥ इस प्रकार यह बात जगजाहिर है कि कर्मयोग तथा ज्ञानयोग द्वारा जिस वस्तुकी प्राप्ति होती है, वही सनातन ब्रह्म है। वह यद्यपि जीवरूपसे ह्रास तथा वृद्धिको प्राप्त होता रहता है, किन्तु वास्तवमें उसका न ह्रास होता है और न वृद्धि॥ ६५ ॥ हे महाराज! जो लोग वेदपारदर्शी तथा विनीत होते हैं, जिन्हें भोगोंकी आकांक्षा नहीं रहती और जो स्त्री आदिके संसर्गको घृणित समझते हैं, वे ही विष्णु भगवानको जाननेमें समर्थ होते हैं ॥ ६६ ॥ ऐसे लोगोंका पुनर्जन्म नहीं होता। यद्यपि कर्मका अनुष्ठान पुनर्जन्मका मूल कारण होता है और फलाकांक्षासे शून्य होकर कर्म करनेसे मोक्ष मिल जाता है। फलतः कर्म ही जन्म तथा बन्धनमुक्तिका प्रधान कारण है। जीव साधारण कामनाओंकी आकांक्षासे संसारमें बद्ध हो जाता

ध्यायन्नेव प्रसीदेत समाहितमतिर्द्विजः ॥ ६३ ॥ गच्छते परमं ब्रह्म निर्विकारेण चेतसा ॥ अपुनर्भवभावज्ञो निर्ममो भावबन्धनात् ॥ ६४ ॥ तदेवाक्षरमित्याहुर्यत्तद्ब्रह्म सनातनम् ॥ तर्हि तत्कर्मयोगेन विद्यायोगेन दर्शितम् ॥ ६५ ॥ ब्राह्मणानां विनीतानां वैष्णवे पदसञ्चये ॥ सर्वद्रव्यातिरिक्तानां कामयोगविगर्हिणाम् ॥ ६६ ॥ अपुनर्भाविनां लोकाः कर्मयोगप्रतिष्ठिताः ॥ अनादानेन मनसा राजन्कर्मणि कर्मणि ॥ ६७ ॥ आदानाद्बद्ध्यते जन्तुर्निरादानात्प्रमुच्यते ॥ ब्राह्मएेभ्यः क्रियावाप्तिर्जन्तोः पूर्वाज्जनाधिप ॥ ६८ ॥ मुक्तश्चेन्द्रियबन्धेन प्राप्तश्च परमं पदम् ॥ न भूयः पुनरायाति मानुषं देहविग्रहम् ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

जनमेजय उवाच ॥ उपसर्गं च योगं च ध्यातव्यं चैव यत्पदम् ॥ न भूयः पुनरायाति मानुषं देहविग्रहम् ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु विस्तरतः सर्वं यथा पृच्छसि मेधया ॥ उपपन्नेन मनसा ब्रह्मादीनामनेकधा ॥ २ ॥ पञ्च सिद्धिगुणांस्त्यक्त्वा पश्यतो ब्रह्मणो नृप ॥ योगयुक्तेन मनसा पञ्चेन्द्रियनिवासिनः ॥ ३ ॥ ब्रह्मणश्चिन्तयानस्य ब्रह्मयज्ञं सनातनम् ॥ बहुरूपमनैश्वर्यात्प्रवर्त्तति निरोधनम् ॥ ४ ॥ पञ्चेन्द्रियस्य

है। यदि वैसी कोई कामना न हो तो जीव इन्द्रियबन्धनसे मुक्त होकर परम पद प्राप्त कर लेता है। फिर उसे इस लोकमें आकर मानवदेह नहीं धारण करना पड़ता ॥ ६७-६९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणो' भाषाटीकायां सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

(सनातन जगत्का प्रमाण) राजा जनमेजय बोले—हे मुनिवर! योगके उपसर्ग, योगका स्वरूप, ध्यान योग्य वस्तु, सिद्धि तथा सिद्धिके गुण, अब मैं इन विषयोंके सम्बन्धमें विशदरूपमें आपसे कुछ सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! योगियोंके समक्ष जो विविध प्रकारके योगोपसर्ग आदि प्राप्त होते हैं, उन्हें मैं विस्तृत रूपमें बता रहा हूँ, सावधान मनसे सुनिए ॥ २ ॥ नेत्र-कर्ण आदि पाँच इन्द्रियोंको सिद्ध कर लेनेसे ही दूरदर्शन तथा दूरश्रवण आदिका ज्ञान अनायास प्राप्त हो जाता है। अतएव जो पञ्चेन्द्रियोंमें स्थित रूप और आकाशादिके गुणोंका त्यागकर सनातन ब्रह्मके विषयमें मनन करते हैं, उन्हें उत्कृष्ट वैराग्यभाव प्राप्त होनेके पहले ही योगसिद्धिके बाधक नाना प्रकारके विघ्न घेर लेते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं ॥३॥४॥ नवद्वार युक्त इस शरीरमें काम-क्रोध-लोभ-मोह प्रभृति अनेक उपसर्ग विद्यमान रहते हैं। अपनी बुद्धिशक्तिकी सहायतासे उन उपसर्गोंका ज्ञान प्राप्त कर लेनेपर शरीरमें एक प्रकारके तेजका प्रादुर्भाव होता है। वह तेज जब मस्तकसे निकलता है तो भयानक रूपसे धुआँ उठने लगता है। वह धुआँ नील, रक्तवर्ण, पीत, श्वेत, मंजिष्ठ, कपोतग्रीव, विशुद्ध वैदूर्यमणि, पद्मरागमणि, स्फटिकमणि, नागेन्द्रगात्र, इन्द्रगोपकीट, चन्द्रकिरण और इन्द्रधनुषके समान विविध वर्णोंका होता है। वह विविध वर्णका धुआँ मेघके समान एक साथ समस्त आकाशमें छा जाता है ॥ ५-९ ॥ तदनन्तर वह धूम घनीभूत होकर मेघरूपमें परिणत हो जाता है और उससे जलकी वर्षा होने लगती है। उस वर्षाका सारा जल पृथिवीमें समा जाता है ॥ १० ॥ इस प्रकार उस धुएँके शान्त हो जानेपर सैकड़ों लपटोंयुक्त भयङ्कर अग्नि प्रज्वलित हो उठती है ॥ ११ ॥ उस समय उस योगीके शरीरसे हजारों चिनगारियाँ निकलने लगती हैं। उस विकट अग्निको देखकर ऐसा लगता है कि मानो सहसा प्रलयाग्नि धधक उठी है। १२ ॥ उधर मेघसे जितना जल बरसता है, इधर योगीके शरीरसे उतनी ही अग्नि-

ग्रामस्य नवद्वारस्य भारत ॥ कामक्रोधस्य लोभस्य सन्निरुद्धस्य मेधया ॥ ५ ॥ तेजसा मूर्ध्नि चाधाय धूमो दोधूयते महान् ॥ नीललोहितवर्णाभैः पीतैः श्वेतैश्च धातुभिः ॥ ६ ॥ माञ्जिष्ठरागवर्णाभैः कपोतसदृशैस्तथा ॥ शुद्धवैदूर्यवर्णाभैः पद्मवर्णदलप्रभैः ॥ ७ ॥ स्फाटिकैर्मणिवर्णाभैर्नागेन्द्रसदृशै स्तथा ॥ इन्द्रगोपकवर्णाभैश्चन्द्रांशुसलिलप्रभैः ॥ ८ ॥ बहुवर्णैः सुधूमौघैरिन्द्रायुधसमप्रभैः ॥ संपतद्भिश्च युगपन्मेघैरिव समागमे ॥ ९ ॥ निरुध्यन्त इवाकाशे पक्षवद्भिरिवाद्रिभिः ॥ ते धूमवर्णाः संघाता घनाः सलिलधारिणः ॥ निर्वेमुश्चैव तोयौघान्विविशुर्वसुधातलम् ॥ १० ॥ मूर्ध्नि चैव महानग्निर्मानसो भूयते प्रभुः ॥ युक्तः परमयोगेन शतशोऽर्चिभिरावृतः ॥ ११ ॥ तस्यार्चैर्विस्फुलिङ्गानां सहस्राणि शतानि च ॥ विसुस्रुः सर्वगात्रेभ्यो ज्वलन्निव युगात्मयः ॥ १२ ॥ यावन्त्यो वर्षधारास्तु तावन्त्योऽर्च्योऽनलस्य च ॥ समेयुर्वारिधाराभिर्विपुले वसुधातले ॥१३॥ वर्णाभ्यां युज्यमानस्य वायुर्दोधूयते महान् ॥ दिव्यसिद्धगुणोद्भूतः सूक्ष्मप्राणविवर्द्धनः ॥ १४ ॥ वेगवान्भीमनिर्घोषो बलवान्प्राणगोचरः ॥ तैरेव चाग्निसंघातैर्धातुभिः सह संगतः ॥ १५ ॥ सहस्रशोऽथ शतशो मूर्तिं कृत्वा पृथग्विधाम् ॥ अग्निर्वायुर्जलं भूमिर्धातवो ब्रह्मचोदिताः ॥१६॥ समवायत्वमापन्ना बीजभूता महीपते ॥ संघातं ब्रह्मवेगेन धातवो गमिता नृप ॥ १७ ॥ यद्ब्रह्म चक्षुषोर्मध्ये स सूक्ष्मः पुरुषो विराट् ॥ तयोरन्यान्बहून्सूक्ष्मान्ससृजे पुरुषोत्तमः

शिखायें उत्पन्न होती हैं। तदनन्तर वह समस्त जलधारा प्रत्येक अग्नि-शिखामें प्रविष्ट होकर सभी अग्निज्वालाओंको शान्त कर देती है ॥१३॥ इस प्रकार इन दोनों उपसर्गोंके शान्त होकर चित्तका उत्कर्ष प्राप्त होनेपर घोरतर वायु चलने लगता है। उस आकाशादि गुणोंसे जायमान सूत्रात्माका प्रकाशक वायु अब जल-अग्नि आदि महाभूतोंसे मिलकर प्राण नाम धारण कर लेता है। उसका वेग बहुत ही प्रबल रहता है। उसका शब्द अति भयंकर होता है और बल तो उसमें इतना अधिक रहता है कि वह समस्त ब्रह्माण्डका भेदन करनेमें समर्थ होता है ॥१४॥१५॥ हे महाराज! इस प्रकार ये अग्नि, वायु और जलप्रभृति वस्तुयें एकत्र होकर सैकड़ों और हजारों रूप धारण कर लेती हैं। फलतः वह ब्रह्म ही इस प्रकारके संयोगका कारण होता है ॥ १६ ॥ १७ ॥ हे महाराज! उस समय योगीके दोनों नेत्रोंमें जो ब्रह्म नामकी वस्तु लक्षित होती है, वह अतिशय सूक्ष्म तथा विराट् नामसे विख्यात है। अतएव उस समय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह योगी ही स्थूल-सूक्ष्मभूत, समस्त विद्याओंका आधार एवं प्रलयकर्ता भगवान विष्णुका रूप हो जाता है। वस्तुतः उस समय वही सनातन महापुरुष रहता है और उसीसे सूक्ष्म तथा विराट्स्वरूप वस्तुओंकी सृष्टि होती है ॥१८॥१९॥ उस समय सुख-दुःख आदिके भोक्ता सभी जीव ईश्वरके द्वारा प्रेरित होकर उस योगीके शरीरमें प्रविष्ट हो जाते हैं। इस प्रकार वह योगी सर्वभूतसमष्टिस्वरूप हो उठता है। अतएव जो योगी ब्रह्मका साक्षात्कार कर लेते हैं, वे अपना स्थूल शरीर त्यागकर भगवानका सारूप्य प्राप्त कर लेते और सर्वज्ञ हो जाते हैं ॥ २० ॥ २१ ॥ पार्थिव ऋषिगण उन योगियोंके संसर्गमें आकर जब उन्हींमें विलीन हो जाते हैं तो उन्हें पार्थिव सम्बन्ध ही प्राप्त होते हैं ॥ २२ ॥ हे महाराज! योगीगण कर्म-बन्धनसे मुक्त होकर ही इन्द्रियोंके बन्धनसे मुक्त होते हैं। अतएव अन्तमें वे जो प्रकृति प्राप्त करते हैं, वह प्रकृति यज्ञादि कर्मोंमें लगे हुए लोगोंके लिए बहुत दूरकी बात रहती है। वे यदि अग्निहोत्रादि यज्ञ तथा कष्टसाध्य चान्द्रायणादि व्रतोंका अनुष्ठान करते हैं तो उन्हें अपने सत्कार्योंका फल भोगनेके लिए संसारमें आना पड़ता है, नहीं तो उनके लिए इसकी भी

॥ १८ ॥ स एव भगवान्विष्णुर्व्यक्ताव्यक्तः सनातनः ॥ आधारः सर्वविद्यानां प्रलये प्रलयान्तकृत् ॥ १९ ॥ तं मूर्ध्नि धातुभिर्नद्धं विशन्ति ब्रह्म-
चोदिताः ॥ तेऽन्तराः पुरुषाः सर्वे ज्ञातारः सुखदुःखयोः ॥ २० ॥ अथ चेष्टितुमारब्धा मूर्तयो ब्रह्मसंमिताः ॥ भित्त्वा च धरणीं देवीं प्रापयन्त
दिशो दश ॥ २१ ॥ इत्येते पार्थिवाः सर्वे ऋषयो ब्रह्मनिर्मिताः ॥ तत्रैव प्रलयं याता भूमित्वमुपयान्ति च ॥ २२ ॥ कर्मक्षयाद्विमुच्यन्ते धातुभिः
कर्मबन्धनैः ॥ कर्मक्षयाद्विमुक्तत्वादिन्द्रियाणां च बन्धनात् ॥ २३ ॥ तामेव प्रकृतिं यान्ति अज्ञातां कर्मगोचरैः ॥ क्षराद्धूमक्षयं चैव अग्निगर्भास्त-
मोमयाः ॥ २४ ॥ येन तन्तुरिवाच्छिन्नो भावाभावः प्रवर्तते ॥ धूमादभ्रास्तु संभूता अभ्रात्तोयं सुनिर्मलम् ॥ २५ ॥ जगती जलात्तु संभूता जगत्येव
च यत्फलम् ॥ फलाद्रसस्तु संजज्ञे रसात्प्राणस्तु देहिनाम् ॥ २६ ॥ रसश्च तन्मयो जज्ञे यत्तद्ब्रह्म सनातनम् ॥ प्रधानं ब्रह्म चोद्दिष्टं बहुभिः
कारणान्तरैः ॥ ब्राह्मणैस्तपसि श्रान्तैः सत्यव्रतपरायणैः ॥ २७ ॥ अव्यक्ताद्व्यक्तिमापन्नं स्वेन भावेन भारत ॥ अन्तःस्थं सर्वभूतेषु चरन्तं विद्यया
सह ॥ २८ ॥ कर्म कर्तेति राजेन्द्र विषयस्थमनेकधा ॥ नोपलभ्येत चक्षुर्भ्यां तपसा दग्धकिल्बिषैः ॥ २९ ॥ उपलभ्येत चक्षुर्भ्यां ज्ञानिभिर्ब्रह्मवा-
दिभिः ॥ निःसृतस्तु भ्रुवोर्मध्यान्मेघमुक्त इवांशुमान् ॥ ३० ॥ चरद्भिः पक्षिवल्लोके निर्द्वन्द्वैर्निष्परिग्रहैः ॥ योगधर्मेण कौरव्य ध्रुवमासाद्यते फलम्

सम्भावना नहीं रहती। क्योंकि कर्मके बलसे ही अच्छिन्न सूत्रके समान यह अनन्त संसार प्रवाहित होता रहता है। कर्म ही संसारप्रवाहका मूल कारण है ॥ २३ ॥ २४ ॥ सर्वप्रथम धुएँसे मेघ, मेघसे निर्मल जल, जलसे पृथिवी, पृथिवीसे फल, फलसे रस तथा रससे प्राणोंकी प्रतिष्ठा होती है। रस ही सनातन ब्रह्म है। तपःश्रान्त तथा सत्यव्रतपरायण ब्राह्मणोंने विविध कारणोंसे ब्रह्मकी प्रधानताका निर्देश किया है ॥ २५–२७ ॥ यद्यपि ब्रह्म निर्विशेष है, तथापि मायाबलसे ब्रह्मविद्याके साथ मिलकर वह प्रकाश्य रूपसे सब जीवोंमें विचरण करता है, किन्तु कर्मकर्त्ता जीव उस विविध वेशधारी परब्रह्मको अपनी सामान्य दृष्टिसे नहीं देख पाता ॥ २८ ॥ २९ ॥ जो यथार्थ ब्रह्मवादी होते हैं और तपोऽनुष्ठानके कारण जिनकी पापराशि दूर हो गयी रहती है, केवल वे ही लोग अपनी ज्ञानदृष्टि द्वारा उसका दर्शन पानेमें समर्थ होते हैं। वह ब्रह्म मेघविनिर्गत सूर्यके समान भ्रूमध्यमें विराजमान रहता है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किन्तु जो लोग योगावलम्बनपूर्वक निर्द्वन्द्व तथा परिग्रहविहीन होकर पक्षियोंके समान संसारमें विचरण करते हैं, एकमात्र उन्हीं लोगोंको योगधर्मका यथार्थ फल प्राप्त होता है ॥ ३० ॥ ३१ ॥ हे महाराज ! भगवान ब्रह्मा इस संसारमें कितने ही सौ बार जीवोंकी उत्पत्ति, ऐश्वर्य तथा लय कर चुके हैं । उन्हींके इच्छानुसार कभी महाप्रलय और कभी सृष्टिकार्य संघटित होता है ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ सहस्रयुग युक्त द्वादश सहस्र युगसे ब्रह्माका एक युग होता है । वह ब्रह्मयुग सब युगोंका आदि अर्थात् महायुगके नामसे प्रसिद्ध है । इस प्रकारके सहस्र युग व्यतीत हो जानेपर प्रलयकाल उपस्थित होकर सबका संहार कर देता है । उस स्थितिमें सभी वस्तुओंका स्वरूप सूक्ष्म हो जाता है । अतएव सत्त्वादि त्रिगुणात्मक यह संसार उस समय संहारको प्राप्त होकर उसी सूक्ष्मस्वरूप परब्रह्ममें विलीन हो जाता है ॥ ३४–३६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

(कर्मोंका फलवर्णन) राजा जनमेजय बोले—हे मुनिवर ! आप ब्रह्मका स्वरूप भली भाँति जानते हैं । आपके मुखारविन्दसे मैंने सत्ययुग तथा कलियुगका माहात्म्य

॥ ३१ ॥ प्रादुर्भावं क्षयं चैव भूतस्य निधनं तथा ॥ विधत्ते शतशो ब्रह्मा संक्षये च भवेत्तदा ॥ ३२ ॥ कर्मणः कर्मयोगज्ञो भूतेभ्यो नात्र संशयः ॥ अविनाशाय लोकस्य धर्मस्याप्यायनाय च ॥ ३३ ॥ युगं द्वादशसाहस्रं सहस्रयुगसंहितम् ॥ एतद्ब्रह्मयुगं नाम युगानां प्रथमं युगम् ॥ ३४ ॥ सहस्रयुगयोरन्ते संहारः प्रलयान्तकृत ॥ सूक्ष्मं भवति लोकानां निर्विकारमचेतनम् ॥ ३५ ॥ तथा प्रलयमापन्नं जगत्सत्रं सनातनम् ॥ ब्रह्म संपद्यते सूक्ष्मं निमित्तं कारणैर्गुणैः ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि अष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

जनमेजय उवाच ॥ प्राग्वंशं श्रोतुमिच्छामि विस्तरेण महामुने ॥ आद्ययोर्युगयोर्ब्रह्मन्ब्रह्मप्राप्तस्य सर्वशः ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु विस्तरशः सर्वं यन्मां पृच्छसि मेधया ॥ उपपन्नेन मनसा दैवप्रत्ययसाधिना ॥ २ ॥ ऋद्धिं प्राप्तस्तु भगवान् योगात्मा ब्रह्मसंभवः ॥ भूतानां बहुलत्वं च चकारेहेश्वरः प्रभुः ॥ ३ ॥ स्थितो ब्रह्मासने ब्रह्मा विक्षिप्तः सहसा प्रभुः ॥ अचलेनैव भावेन स्थाणुभूतेन भारत ॥ ४ ॥ रक्तश्च मोक्षविक्षये स च ज्ञानमये पदे ॥ यस्मात्पदसहस्राणि प्रभवन्ति भवन्ति च ॥ ५ ॥ ब्रह्मयज्ञं तु यजते योगाद्वेदात्मकं सदा ॥ ब्रह्मणो विपुलं ज्ञानमैश्वर्यं च प्रवर्तते ॥ ६ ॥ ततः प्रथममैश्वर्यं युञ्जानेन प्रवर्तितम् ॥ ब्रह्मणा ब्रह्मभूतेन भूतानां हितमिच्छता ॥ ७ ॥ तदा त्वाकाशमैश्वर्यं युञ्जानस्य प्रवर्तते ॥

सुना । अब मैं इनसे भिन्न अन्य दोनों युगोंका वृत्तान्त विस्तृतरूपसे सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज ! आपने मुझसे जो जिज्ञासा की है, सो आनुपूर्विक रीतिसे मैं समस्त वृत्तान्त बता रहा हूँ । एकाग्र मनसे सुनिए——भगवान ईश्वर ऐश्वर्यप्राप्तिके साथ ब्रह्मरूपमें अवतीर्ण होकर योगासक्त चित्तसे स्थाणु (खूँटे) की तरह अचलभावसे ब्रह्मासनपर विराजमान रहते हैं ॥ २–४ ॥ सहसा उनके रजोगुणकी ओर आकृष्ट होनेपर ही जीवसृष्टिकी बहुलता होती है । मोक्षपदप्राप्तिमें जिस प्रकार विविध बाधायें रहती हैं, उसी प्रकार ज्ञानपदकी प्राप्तिमें भी अनेक विघ्न होते हैं । किन्तु भगवान मोक्षपद तुल्य ज्ञानपदमें सदा आसक्त रहते हैं । उस ज्ञानपदसे अपना कार्य साधन करनेमें समर्थ हजारों पद उत्पन्न होते हैं ॥ ५ ॥ जो ब्राह्मण वेदसे जायमान ब्रह्मयज्ञका अनुष्ठान करते हैं, उन्हें उससे विपुल ज्ञान और ऐश्वर्य प्राप्त होता है ॥ ६ ॥ उस प्राप्त ऐश्वर्यको स्वार्थमें न व्यय करके परोपकारमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगा देना ब्राह्मणका आवश्यक कर्तव्य कहा गया है। जो ब्रह्मसदृश ब्राह्मण विकारविहीन कार्यमें प्रवृत्त होते हैं, उनमें सर्वप्रथम आकाशज्ञानरूपी ऐश्वर्यका उदय होता है। यह आकाशज्ञान ही विशुद्ध ब्रह्म है। वेदोंका भलीभाँति पर्यालोचन करनेपर पता चलता है कि ब्रह्मवादी, योगी, देहधारी तथा अन्यान्य सभी लोग ब्रह्ममें ही विलीन रहते हैं। ब्रह्मयज्ञका अनुष्ठान करनेसे स्तुतियोग्य परब्रह्ममें आकाशरूपी ऐश्वर्यका ज्ञान होनेपर योगीगण उन्हें वायुस्वरूप कहने लगते हैं। इसी प्रकार क्रमशः तैजसादि विकारोंका भी प्रादुर्भाव होता है। इस प्रकार सब विकारोंसे उत्तीर्ण होनेपर जब ब्राह्मणमें ध्रुव ऐश्वर्यरूप परब्रह्मके ज्ञानका उदय होता है, तब वह सिद्ध पुरुष कहलाने लगता है ॥७-११॥ हे महाराज! विकारोंका निरोध होनेपर उस सिद्ध योगी-के शरीरसे निरालम्ब ब्रह्म निर्गत होकर वायु आदि महाभूतोंके सहारे अदृश्य भावसे आकाशमें विचरण करता है। इहलोकमें मनुष्य इन्द्रसदृश हजारों नेत्र पाकर भी उसे नहीं देख सकता ॥ १२ ॥ १३ ॥ जो ब्राह्मणश्रेष्ठ समस्त कर्म त्यागकर ओंकारस्वरूप विशुद्ध चैतन्यको प्राप्त कर लेते हैं, केवल वे ही महानुभाव उस योगीका दर्शन कर पाते हैं। विद्वान् ब्राह्मणोंके

ब्रह्मणो ब्रह्मभूतस्य निर्विकारेण कर्मणा ॥ ८ ॥ तदाऽन्तरिक्षं संप्राप्तं निर्मलं ब्रह्म चाव्ययम् ॥ संहारः सर्वभूतानां नराणां ब्रह्मवादिनाम् ॥ ध्रुवमै-
श्वर्ययोगानां प्रतिपद्यन्ति देहिनः ॥ ९ ॥ आकाशैश्वर्यभूतेन संयुगे ब्रह्मवादिना ॥ प्रवर्त्तमानमैश्वर्य वायुभूतं करोति च ॥ विकारैर्बहुभिः प्राप्तैः
संपतद्भिर्महाबलैः ॥ १० ॥ एतैर्विकारैः संवृत्तैर्निरुद्धैश्च समन्ततः ॥ ध्रुवमैश्वर्यमापन्नः सिद्धो भवति ब्राह्मणः ॥ ११ ॥ शरीरादभिनिष्क्रम्य आकाशेन
प्रधावति ॥ निरालम्बो निरालम्बान्नालम्ब्य मनसा ततः ॥ १२ ॥ ऐश्वर्यभूतो भूतात्मा चरन्दिवि न दृश्यते ॥ चक्षुर्भिर्बहुभिर्लोकैः पुरंदरसमैरपि
॥ १३ ॥ ओंकारं ये त्वधीयन्ते मनसा ब्रह्मसत्तमाः ॥ विमुक्ताः सर्वकर्मभ्यस्ते तं पश्यन्ति साधवः ॥ १४ ॥ एतद्धि परमं ब्रह्म ब्रह्माणानां मनीषि-
णाम् ॥ अन्तश्चरन्ति भूतानां विद्धि चेतनया सह ॥ १५ ॥ एष शब्दो महानादः पुराणो ब्रह्मसंभवः ॥ वायुभूतोऽक्षरं प्राप्तो वदन्त्येवं द्विजातयः
॥१६॥ अरूपी रूपसंपन्नो धातुभिः सह संगतः ॥ अन्तश्चरति भूतेषु कामकारकरो वशी ॥ १७ ॥ एतत्पूर्वमनुध्याय मनसाऽऽपूरयन्निव ॥ वेदात्मकं
तदा यज्ञं चिन्तयन्तो मनीषिणः ॥ १८ ॥ ब्रह्मणाः शुचयो दान्ता यशो युञ्जंस्तदन्वयाः ॥ ब्रह्मलोकं काङ्क्षमाणा वैष्णवं पदमुत्तमम् ॥ १९ ॥
पदहेतोः क्रियाः सर्वाः कुर्वंति विगतज्वराः ॥ न ह्येते प्रसवादाने भवमिच्छंति भारत ॥ २० ॥ त्रिभिर्माल्योपहारैश्च प्रतिभावैश्च वै द्विजाः ॥

लिए यह ॐकार ही ब्रह्मस्वरूप रहता है। यह ॐकार चैतन्य परमात्माके साथ जीवोंकी अन्तरात्मामें विचरण करता है ॥ १४ ॥ १५ ॥ विद्वान् ब्राह्मणोंका कथन है कि इस 'ॐ' शब्द और ब्रह्ममें तनिक भी भेद नहीं है। यह नित्य, सर्ववर्णप्रकाशक और वायुस्वरूप है। यही वैखरीरूपको प्राप्त हो जाता है ॥ १६ ॥ यद्यपि ओंकार रूपरहित है, तथापि नाना प्रकारकी धातुओंमें मिलकर यह जीवोंके शरीरमें घुला-मिला हुआ है। इसी कारण लोग उसे वैखरी कहते हैं। यह ओंकाररूपी ब्रह्म सूक्ष्मरूपसे सब जीवोंमें विचरण करता रहता है, किन्तु किसीमें लिप्त नहीं होता। उसकी इच्छा स्वतन्त्र रहती है। जो विशुद्ध स्वभावसम्पन्न उदार मनीषी ब्राह्मणगण ब्रह्ममें तन्मय हो जाते हैं, उस ब्रह्मसे ही जिनकी उत्पत्ति होती है और जो ब्रह्मलोक तथा सर्वोत्कृष्ट वैष्णवपद प्राप्त करनेकी अभिलाषा करते हैं, वे ही इस ओंकाररूपी ब्रह्मका चिन्तन कर सकते हैं। फलतः उत्कृष्ट पद प्राप्त करनेके लिए वे प्राणपणसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विविध प्रकारके कर्म करते हैं ॥ १७–२० ॥ वे तीन बार प्रदत्त पुष्पमालाकी तरह ज्ञानोपहार अर्पण करके सत्यपराक्रम परमात्मा विष्णुकी आराधना करते हैं ॥ २१ ॥ वेद ही जिनका एकमात्र अवलम्ब रहता है, ऐसे वेदज्ञ ब्राह्मण वेदोंके प्रमाणके अनुसार योग तथा विष्णुपूजा दोनों प्रकारके कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं । क्योंकि वैदिक वचनोंसे उनके मनमें यह दृढ़ विश्वास हो जाता है कि ब्रह्मा और विष्णु अभिन्न हैं। वेदपरायण, ब्रह्मज्ञानी, कर्मविरत और निर्मलान्तःकरण ब्राह्मणगण मोक्ष प्राप्त करनेके बाद जिस महात्माका साक्षात्कार करते हैं, वही ब्रह्मा, विष्णु, रस, ऐश्वर्य तथा परम आश्चर्यमय पदार्थ है। किन्तु वायु आदि प्रबल विकारोंके शान्त न होनेपर उस महात्माका दर्शन अति दुरूह रहता है ॥ २२–२४ ॥ हे महाराज ! अच्छे कामोंमें बहुतेरे विघ्न आते हैं। इसके पहले जिन विघ्नोंका उल्लेख किया गया है, वे राजस विघ्न थे। अब मैं तामस विघ्नोंको बता रहा हूँ, सुनिए । योगसाधनके समय विविध विकार उत्पन्न होकर योगियोंके मनमें शंका उपस्थित करके उसे दुःख देते हैं ॥ २५ ॥ कभी योगीको ऐसा लगता है कि वह जलमें डूब रहा है। कभी ऐसा मालूम होता

यजंति परमात्मानं विष्णुं सत्यपराक्रमम् ॥ २१ ॥ यजनं त्रिक्रमं चैव ब्रह्मपूर्वाः प्रचक्रिरे ॥ ब्रह्मापि वैष्णवं तेजो वेदोक्तैर्वचनैर्नृप ॥ २२ ॥ ब्राह्मणैर्ब्रह्म-
विद्भिश्च ब्रह्मज्ञैर्ब्रह्मवादिभिः ॥ शुचिभिः कर्मनिर्मुक्तैः सत्यव्रतपरायणैः ॥ २३ ॥ धातुभिर्मोक्षकाले च महात्मा संप्रदृश्यते ॥ तदेव परमं ब्रह्म वैष्णवं
परमाद्भुतम् ॥ २४ ॥ रसात्मकं तदैश्वर्यं विकारान्ते प्रदृश्यते ॥ घोररूपा विकारास्ते व्यथयन्ति महात्मनः ॥ २५ ॥ संछाद्यातीव तोयेन क्षुभ्यमाणो
विचेतनः ॥ ऊर्मिभिश्छाद्यते चैव शीतोष्णाभिर्विकारतः ॥ २६ ॥ महार्णवगतश्चैव दह्यते न च सज्जते ॥ मग्नश्चैव महानद्याः सलिलेनैव
सीदति ॥ २७ ॥ सीदमानश्च सलिले स शीतात्पात्यते बलात् ॥ आसनाच्छादनाच्चैव मुच्यमानो विचेतनः ॥ २८ ॥ श्वभ्रे प्रपद्यमानश्च तोयेन
परिषिच्यते ॥ शुक्लवर्णेन बहुना स्रोतसा मूर्ध्नि सर्वशः ॥ २९ ॥ ऊर्ध्वं ज्योतिरवेक्षंश्च शुक्लैः पीतैश्च बाध्यते ॥ वारिपूर्णैः सुगम्भीरैर्विद्युद्भिरिव
भासितैः ॥ ३० ॥ एतैर्विकारैः संवृत्तैर्निरुद्धैश्चैव सर्वशः ॥ ध्रुवमैश्वर्यमासाद्य सिद्धो भवति ब्राह्मणः ॥ ३१ ॥ रसात्मकं तदैश्वर्यं जिह्वाग्रादभिनिः-
सृतम् ॥ सहस्रधारं विततं मेघत्वं समुपागतम् ॥३२॥ रसाँश्च विविधान्योगात्संसिद्धः सृजते प्रभुः ॥ धात्वर्थं सर्वभूतानां योगप्राप्तेन हेतुना ॥ ३३ ॥

है कि अतिशय शीतल तथा अति उष्ण तरगमालाने आकर उसे सर्वथा ढाँक लिया है। उसे कभी ऐसा लगता है कि वह महासमुद्रमें निमग्न हो गया है और उसके सब अंग भस्म हुए जा रहे हैं। कभी उसे मालूम पड़ता है कि नदीका तट ढह गया है और वह जलमें गिरकर डूबा जा रहा है। कभी ऐसा लगता है कि वह जलमें पड़ा है और उसका शरीर ठंढकसे गला जा रहा है। उसको कभी-कभी ऐसा भान होता है कि उसके अन्न-वस्त्रका सहारा भी छूट गया है ॥ २६–२८ ॥ कभी उसे ऐसा मालूम पड़ता है कि वह किसी गढ़ेमें गिर गया है और चारों ओरसे उसके मस्तकपर स्वच्छ जलकी धारा गिर रही है। कभी उसको ऐसा लगता है कि जलपूर्ण पीत तथा श्वेतवर्णकी बिजलीके समान एक तेजस्विनी ज्योति उसके मस्तकपर पड़ रही है ॥२९॥३०॥ योगसाधनके समय ये सब उपद्रव उपस्थित होते हैं। जो योगी इन सब विभीषिकाओंको तुच्छ समझकर अपना कार्य साधन करनेमें समर्थ होते हैं, वे ही ईश्वरत्व प्राप्त करके सिद्ध पुरुष हो जाते हैं ॥३१॥ संसारमें ऐसा कोई कार्य नहीं है कि जिसे वह सिद्ध पुरुष न कर सके। उसकी जिह्वाके अग्रभागसे निःसृत रस आगे चलकर जलधारावर्षी मेघके रूपमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिणत हो जाता है ॥३२॥ वे सिद्ध पुरुष संसारी जीवोंके शरीरको सुख देनेके निमित्त विविध प्रकारके रसोंकी सृष्टि करते हैं। मोक्षप्राप्तिका साधनस्वरूप योगावलम्बन करनेसे ब्रह्मवेत्ता व्यक्तिका चित्त स्वभावतः सुस्थिर हो जाता है। किन्तु सहसा उसमें कहाँसे विघ्नजनित विविध विकार तथा तैजस ऐश्वर्यका उदय हो उठता है, यह निश्चित नहीं है ॥३३॥३४॥ उस समय उसे ऐसा मालूम पड़ता है कि विकटाकार, पिङ्गलनेत्र तथा गम्भीर रूपधारी कुछ पुरुष दण्ड तानकर प्रहार करनेको उद्यत हैं ॥३५॥ उस समय ऐसा लगता है कि मानो वे विकट पुरुष आँखें निकाल लेंगे और जीभके सैकड़ों टुकड़े कर डालेंगे। अपना मुख फैलाकर वे भीषणरूपसे चीत्कार करते और तत्काल रूप बदलकर नृत्य-गीत द्वारा साधकके मनको सन्तोष देने लगते हैं ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ कुछ ही क्षणों बाद वे महापुरुष सुन्दर और मनोमोहक स्त्रीरूप धारण करके साधकके कन्धेपर हाथ रख देते हैं। तदनन्तर हँस-हँसकर बातें करते हुए विविध प्रकारके

तेजसो रूपमैश्वर्यं विकारैः सह वर्द्धते ॥ आत्मनो विघ्नजननं स्वस्थो ब्राह्मणकारणे ॥ ३४ ॥ उग्ररूपैर्विरूपैश्च हन्यते दण्डपाणिभिः ॥ घोररूपैः सुगम्भीरैः पिङ्गाक्षैर्नरविग्रहैः ॥ ३५ ॥ नेत्रं समुद्धरन्भीमं जिह्वाग्रं चास्य विन्दति ॥ नदंति युगपन्नादं जृम्भमाणाः पुनः पुनः ॥ ३६ ॥ पुनरेव तदा भूत्वा बहुरूपास्तदाऽभवन् ॥ नृत्यमानाः प्रगायन्ति तर्पयन्तो विशेषतः ॥ ३७ ॥ स्त्रीभूताश्च ततः सर्वे युञ्जानाश्चावलम्बिरे ॥ कण्ठेषु बहुरूपत्वाद्विघ्नैश्चैव प्रलोभयन् ॥ ३८ ॥ मधुरैरभिधानैश्च व्याहरन्ति न भीतवत् ॥ पतन्ति युगपत्सर्वे पादयोर्मूर्धभिर्युताः ॥ ३९ ॥ प्रसादं कांक्षमाणाश्च योगस्यान्तरविघ्नतः ॥ बहुप्रकारं कथयन्नृत्यन्ति च तरन्ति च ॥ ४० ॥ एतैर्विकारैः संवृत्तैर्निरुद्धैश्चैव सर्वशः ॥ ध्रुवमैश्वर्यमासाद्य सिद्धो भवति ब्राह्मणः ॥ ४१ ॥ तदर्चिष इवाग्नेया आदित्यस्येव रश्मयः ॥ तेजोरूपकमैश्वर्यं जनितास्तेजबिन्दवः ॥ ४२ ॥ ज्योतींषि चैव संवृत्ता आकाशमुपसंगताः ॥ चरन्ति लोके सततं सूर्याचन्द्रमसोर्गतिम् ॥ ४३ ॥ चन्द्रसूर्यात्मकं दिव्यं ज्योतिष्पद्धनमुत्तमम् ॥ एतद्विभ्राजते लोके कालचक्रं ध्रुवं वरम् ॥४४॥ अर्धमासाश्च मासाश्च ऋतुसंवत्सराण्यथ ॥ क्षणा लवा मुहूर्ताश्च कलाः काष्ठास्तथैव च ॥४५॥ अहोरात्रप्रमाणं च निमिषोन्मेषणं तथा ॥ ताराणां गतयश्चैव ग्रहाणां च विशेषतः ॥ ४६ ॥ अथ पार्थिवमैश्वर्यं विकारग्रहसंभवम् ॥ योगयुक्तास्त्वभिग्रस्ताः पात्यन्ते ह्यचलासनात् ॥ ४७ ॥

प्रलोभन उपस्थित करते हैं ॥३८॥ कुछ देर बाद जैसे दयाकी भीख माँगते हुए वे साधकके पैरोंपर गिर पड़ते हैं और नाना प्रकारकी भावभङ्गीके साथ नृत्य करते हुए उसका मन अपनी ओर आकृष्ट कर लेते हैं ॥३९॥४०॥ हे महाराज ! योगसाधनके समय ये सभी उत्पात उपस्थित होते हैं। जो धीर पुरुष इन सभी विघ्नोंको तुच्छ समझकर अपने काममें लगे रहते हैं, वे अविनाशी ऐश्वर्य प्राप्त करके सिद्ध पुरुष हो जाते हैं ॥४१॥ उनका अग्निशिखा तथा सूर्यमण्डल सदृश तेजस्वी ऐश्वर्य कुछ काल बाद जलबिन्दुके रूपमें परिणत हो जाता है ॥४ ॥ लघिमागुणसम्पन्न योगीगण ज्योतिस्वरूप बनकर सूर्य-चन्द्रमाके समान इच्छानुसार आकाशमें विचरने लगते हैं ॥४३॥ अन्तमें वे ज्योतिस्वरूप योगी चन्द्र-सूर्यके रूपमें परिणत होकर मेघमंडलमें स्थित कालचक्रस्वरूप ध्रुव नक्षत्रको लक्ष्य करके घूमते-घूमते कालप्रवर्तक अर्धमास, ऋतु, संवत्सर, क्षण, मुहूर्त, लव, कला, काष्ठा, दिवा, रात्रि, निमेष, उन्मेष तथा नक्षत्रों और ग्रहोंका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गति प्राप्त कर लेते हैं ॥४४–४६॥ यदि वह योगी रजोगुण तथा तमोगुणके विकारसे उत्पन्न पार्थिव ऐश्वर्यमें लुभा जाता है तो उसका योगासनसे पतन हो जाता है ॥ ४७ ॥ यदि वह लोभपर विजय प्राप्त कर लेता है तो वे विकारजनित ऐश्वर्य उसे तृणके समान तुच्छ मालूम पड़ते हैं। किन्तु एक बार विघ्नोंसे भयभीत हो जानेवाले योगीकी निन्दाका कोई ठिकाना नहीं रहता। बार-बार अपनी निन्दा सुनकर उसकी ऐसी इच्छा होने लगती है कि वह धरतीमें समा जाय। किन्तु वह शीघ्र ही नाना प्रकारके भौतिक तथा अन्यान्य विषयरूपी रसोंकी ओर आकृष्ट हो जाता है ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ ऐसी परिस्थितिमें सांसारिक मनुष्य शक्ति, तोमर, गदा, निस्त्रिंश एवं क्षुरधार सदृश तीक्ष्ण तलवार तथा बाणोंके प्रहारसे उस पतित योगीको विदीर्ण कर डालते हैं। हे महाराज! योगसाधनके समय जो योगी इन विघ्नोंको पार कर लेते हैं, वे परम पद प्राप्त करके सिद्ध पुरुष हो जाते हैं। उस समय सभी विकार अपने आप नष्ट हो जाते हैं और उसे सुख देनेके लिए सभी पार्थिव ऐश्वर्य स्वतः उसके समक्ष आ उपस्थि होते हैं ॥ ५०–५३ ॥ जबतक योगी शरीर त्याग नहीं करता तबतक वह दिव्यरूपधारी

अलोभाच्छिद्यते सद्यो वेपमानोऽनुकीर्त्यते ॥ सीदते वसुधामध्ये भिद्यमानः पुनः पुनः ॥ ४८ ॥ भूतानां बहुरूपैश्च अन्यैश्च तलवासिभिः ॥ विषयै-र्युज्यते क्षिप्रं संत्रेपातसमवरुद्धयते ॥ ४९ ॥ ततः पार्थिवमैश्वर्यं सेवमानश्च सर्वतः ॥ मूर्तिमद्भिश्च बहुधा धातुभिः स च हन्यते ॥ ५० ॥ शक्तितोम-रनिस्त्रिंशैर्गदाभिश्चाप्यनेकधा ॥ असिभिः पात्यते चैव क्षुरधारैः सहस्रशः ॥ ५१ ॥ भिद्यते चैव बाणाग्रैः सुतीक्ष्णैर्मर्मभेदिभिः ॥ एभिर्विकारैर्निर्वृ-त्तैर्निरुद्धैश्चैव सर्वशः ॥ ५२ ॥ ध्रुवमैश्वर्यमापन्नः सिद्धो भवति ब्राह्मणः ॥ ततः पार्थिवमैश्वर्यं निर्मुक्तस्य विकारतः ॥ ५३ ॥ प्रादुर्भवति संजाते समाधौ प्रलयं गते ॥ दिव्यं गन्धं समाघ्राय दिव्यार्थांस्ताञ्छृणोति च ॥ ५४ ॥ दिव्यरूपैश्च पुरुषैश्छिद्यते न च भिद्यते ॥ गच्छन्मुक्ततिनां चान्तः प्रधानात्मा क्षरन्निव ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततोऽन्यां धारणां गत्वा मनसा स पितामहः ॥ ब्रह्मकर्मसमारम्भं निर्मुक्तेनान्तरात्मना ॥ १ ॥ सर्वाङ्गधारणां कृत्वा मनसा प्रहसन्निव ॥ ब्रह्मयोगेन च ब्रह्मा सृजते मनसा प्रजाः ॥ २ ॥ चक्षुषा रूपसंपन्ना ह्यप्सराः सृजते प्रभुः ॥ नासिकाग्राच्च गन्धर्वान्सुचित्रा-

अर्थात् संसारमुक्त पुरुषोंसे मिलकर दिव्य सुगन्धिका आघ्राण तथा दिव्य अर्थसम्पन्न वाक्य श्रवण करके परम सुखका अनुभव करता है ॥ ५४ ॥ शरीर त्यागनेके बाद वह योगी कैवल्य पद प्राप्त कर लेता है। उस समय कोई भी दिव्य पुरुष उसका छेदन या भेदन नहीं कर पाता और सर्वप्रधानके रूपमें परिणत होकर वह सर्वान्तर्यामी बन जाता है ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

(ब्रह्माजीके शरीरसे प्राणियोंकी उत्पत्तिका विवरण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! मानवगण जिस योगका साधन करते हैं, उसके विषयमें लोगोंके विभिन्न मत हैं। उसका फल अल्प तथा उसमें अनेक विपत्ति देखकर लोकपितामह ब्रह्माने एक अन्य योगका अवलम्बन करके बाह्येन्द्रियविवर्जित होकर आसनादि धारणापर्यन्त ब्रह्मयोगकी साधना आरम्भ की ॥ १ ॥ तदनन्तर लीलाक्रमसे सर्वाङ्ग धारणा करके उसी ब्रह्मयोगके बलसे मन ही मन प्रजासृष्टिका उपक्रम किया ॥ २ ॥ तत्पश्चात् सर्वप्रथम उनके नेत्रसे असाधारण रूपवती अप्सरायें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवं उनके नासाग्रभागसे विचित्र वस्त्रधारी नृत्य, सामगीत तथा वाद्यकुशल तुम्बुरु प्रभृति सैकड़ों-हजारों गन्धर्व उत्पन्न हुए ॥ ३ ॥ ४ ॥ तदनन्तर उन योगवेत्ता भगवान् स्वयम्भूने मनमें भलीभाँति विचार करके अपने योगबलसे सुनयनी सुकेशी, चारुवदनी, सुभ्रु, शतपत्रपत्रपर विराजमान, वेदरूपिणी, सर्वलोकनमस्कृता तथा मूर्तिमती श्रीकी सृष्टि की ॥५–७॥ नेत्रोंसे अप्सराओं तथा नासिकासे गन्धर्वोंकी सृष्टिके बाद उन्होंने गन्धर्वोंके लिए गन्धर्वशास्त्र एवं अन्यान्य विप्रोंके लिए सामगीतस्वरूप वेदोंकी रचना की ॥ ८ ॥ ९ ॥ तत्पश्चात् इच्छाक्रमसे उनके चरणों द्वारा असंख्य नर, किन्नर, यक्ष, राक्षस, पिशाच, उरग, गज, सिंह, व्याघ्र, मृग आदि चतुष्पद एवं नाना प्रकारकी तृणजाति उत्पन्न हुई ॥ १० ॥ ११ ॥ भाग्यवश जो हाथसे भोजन करते हैं, उनके लिए उन्होंने अपने हाथसे मनःकल्पित कर्मकी सृष्टि कर दी ॥ १२ ॥ तदनन्तर लोकपितामह ब्रह्माने जीवोंकी सुख-सुविधाके लिए प्राणादि विविध प्रकारके वायु-

म्बरवाससः ॥ ३ ॥ तुम्बुरुप्रमुखान्सर्वाञ्छतशोऽथ सहस्रशः ॥ नृत्यवादित्रकुशलान्कुशलान्सामगीतिषु ॥ ४ ॥ ब्रह्मयोगेन योगज्ञः स्वयंभूर्भगवा-
न्प्रभुः ॥ चारुनेत्रां सुकेशान्तां सुभ्रूं चारुनिभाननाम् ॥ ५ ॥ पद्मेन शतपत्रेण चारुणा सुविराजिताम् ॥ स्वक्षां शुचिगिरं सेव्यां ब्राह्मीं मूर्तिमतीं
श्रियम् ॥ ६ ॥ ससृजे मनसा ब्रह्मा सम्यक्प्रोक्तेन चेतसा ॥ भावयोगेन भूतात्मा सर्वप्राणभृतां नृप ॥ ७ ॥ चक्षुषो रूपसंपन्नाः सृजतसोऽप्सरसः
प्रभुः ॥ नासिकाग्राच्च गन्धर्वान्सुवासःसुप्रवादितान् ॥ ८ ॥ गानप्रभाषं संचक्रे गन्धर्वाणामशेषतः ॥ अन्येषां चैव विप्राणां गानं ब्रह्मप्रभापितम्
॥ ९ ॥ पद्भ्यां सृजति भूतानि गतिमन्ति ध्रुवाणि च ॥ नरकिन्नरयक्षांश्च पिशाचोरगराक्षसान् ॥ १० ॥ गजान्सिंहांश्च व्याघ्रांश्च मृगांश्चैव
सहस्रशः ॥ तृणजातीश्च बहुधा भावहेतोश्चतुष्पदान् ॥ ११ ॥ ये तु हस्तान्निखादन्ति कर्मप्राप्तेन हेतुना ॥ हस्तेभ्यः कर्म ससृजे मन्त्रवान्मनसा
तथा ॥ १२ ॥ वायुना स विसर्गं च भूतानां सुखमिच्छता ॥ उपतस्थे तदानन्दं पञ्चेन्द्रियसमाधिना ॥ १३ ॥ हृदयादसृजद्गावो बाहुभ्यां पक्षि-
णस्तथा ॥ अन्यानि चैव सत्त्वानि तैस्तैर्भेदैः पृथग्विधैः ॥ १४ ॥ ऋषिं त्वङ्गिरसं चैव मुनिं ज्वलिततेजसम् ॥ ब्रह्मवंशकरं दिव्यं व्यतिषिक्त-
षडिन्द्रियम् ॥ १५ ॥ भ्रुवोऽन्तरादजनयद्योगाद्योगेश्वरः प्रभुः ॥ ब्रह्मवंशकरं दिव्यं भृगुं परमधार्मिकम् ॥ १६ ॥ ललाटमध्यादसृजन्नारदं प्रिय-
विग्रहम् ॥ सनत्कुमारं मूर्ध्नश्च महायोगी पितामहः ॥ १७ ॥ अभिषिक्तं तु सोमं च यौवराज्ये पितामहः ॥ ब्राह्मणानां च राजानं शाश्वतं
रजनीश्वरम् ॥ १८ ॥ तपसा महता युक्तो ग्रहैः सह निशाकरः ॥ चचार नभसो मध्ये प्रभाभिर्भासयञ्जगत् ॥ १९ ॥ स गात्रैर्भगवान् यो-

कर्मोंकी सृष्टि की। शुष्क सृष्टिकार्यसे मुक्तिलाभकी सम्भावना न देखकर पञ्चेन्द्रियनिरोध करते हुए ब्रह्माजी परमात्माको लक्ष्य करके चिन्तन करने लगे ॥ १३ ॥ तब उनके हृदयसे गोधन एवं भुजाओंसे विविध पक्षी तथा विभिन्न जातिके जलचरोंकी सृष्टि हुई ॥ १४ ॥ ज्वलित तेजस्वी, ब्राह्मणवंशके जनक तथा षडिन्द्रियविजयी दिव्य मुनि अङ्गिरा उनके शरीरसे जायमान हुए ॥ १५ ॥ विप्रवंशकारक परम धार्मिक ऋषिवर भृगु उन योगेश्वर ब्रह्माजीकी भौंहोंसे उत्पन्न हुए ॥ १६ ॥ कलहप्रिय देवर्षि नारद ब्रह्माजीके ललाटसे उत्पन्न हुए। तदनन्तर महायोगी लोकपितामह ब्रह्माजीने मस्तकसे सनत्कुमारको उत्पन्न किया ॥ १७ ॥ तब रजनीचर तथा शाश्वत सोमदेवको उन्होंने ब्राह्मणोंके राज्यपदपर अभिषिक्त किया

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ १८ ॥ तत्र अन्यान्य ग्रहोंके साथ चन्द्रमा घोरतर तपस्यामें संलग्न होकर जगत्को प्रकाश प्रदान करते हुए नभमण्डलमें विचरने लगे ॥ १९ ॥ तदनन्तर लोकपितामह ब्रह्माजीने योगसिद्धि प्राप्त करके अपने शरीरसे स्थावर-जंगमात्मक जीवोंकी सृष्टि की ॥ २० ॥ इस प्रकार उन ब्रह्माजीने स्वर्गादि स्थानों, पञ्चमहाभूतों तथा विविध योगोंकी सृष्टि की। हे महाराज! ब्रह्माजी ही ब्रह्ममय यज्ञ, वे ही सांख्ययोग, विज्ञानवादी जनोंके विज्ञान, चार्वाक आदि नास्तिकोंके स्वभाव, निरीश्वरवादी सांख्यशास्त्रियोंकी प्रकृति तथा पुरुष, वे ही कापालिकोंके ईश्वरसे कभी भिन्न और कभी अभिन्न, वे ही ब्रह्ममय यज्ञके पक्षमें जन्मदाता एवं हन्ता, वे ही कालनामक ईश्वर, वे ही कालक्षय, ज्ञेय एवं वे ही विज्ञान थे। अर्थात् जो प्राणी जिस मार्गसे चले, वे ब्रह्माजी सभी मार्गोंमें समभावसे विराजमान रहते थे ॥ २१–२३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां विंशतितमोऽध्यायः ॥ २० ॥

(क्षत्रयुगका वर्णन) राजा जनमेजय कहने लगे—हे मुनिवर! ब्रह्मतत्त्वलाभसम्बन्धी सभी युगोंके आदि सत्ययुगका वृत्तान्त मैंने सुना। अब यज्ञकर्मोंसे परिपूर्ण, उपायज्ञों द्वारा

गान्मनसा सिद्धिमागतः ॥ सृष्टवान्सर्वभूतानि स्थावराणि चराणि च ॥ २० ॥ तत्र स्थानानि भूतानां योगांश्चैव पृथग्विधान् ॥ निधत्ते शतशो ब्रह्मा सर्वभूतपितामहः ॥२१॥ एष ब्रह्ममयो यज्ञो योगः सांख्यश्च तत्त्वतः ॥ विज्ञानं च स्वभावं च क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च ॥ २२ ॥ एकत्वं च पृथक्त्वं च सम्भवो निधनं तथा ॥ कालः कालक्षयश्चैव ज्ञेयो विज्ञानमेव च ॥२३॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि विंशतितमोऽध्यायः ॥ २० ॥

जनमेजय उवाच ॥ श्रुतं ब्रह्मयुगं ब्रह्मन् युगानां प्रथमं युगम् ॥ क्षत्रस्यापि युगं ब्रह्मञ्छ्रोतुमिच्छाम्यहं प्रभो ॥ १ ॥ ससंक्षेपं सविस्तारं नियमैर्बहुभिश्चितम् ॥ उपायज्ञैश्च कथितं क्रतुभिश्चैव शोभितम् ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतत्ते कथयिष्यामि यज्ञकर्मभिरर्चितम् ॥ दानधर्मैश्च विविधैः प्रजाभिरुपशोभितम् ॥ ३ ॥ तेऽङ्गुष्ठामात्रा मुनय आदत्ताः सूर्यरश्मिभिः ॥ मोक्षप्राप्तेन विधिना निराबाधेन कर्मणा ॥ ४ ॥ प्रवृत्ते चाप्रवृत्ते च नित्यं ब्रह्मपरायणाः ॥ परायणस्य सङ्गम्य ब्रह्मणस्तु महीपते ॥५॥ श्रीवृताः पावनाश्चैव ब्राह्मणाश्च महीपते॥ चरितब्रह्मचर्याश्च ब्रह्मज्ञानावबोधिताः ॥ ६ ॥ पूर्णे युगसहस्रान्ते प्रभावे प्रलयं गताः ॥ ब्राह्मणा वित्तसम्पन्ना ज्ञानसिद्धाः समाहिताः ॥ ७ ॥ व्यतिरिक्तेन्द्रियो विष्णुर्योगात्मा

कथित, क्रतुओंसे शोधित तथा विविध नियमबद्ध क्षत्रयुग अर्थात् क्षात्रधर्मका संक्षिप्त तथा विस्तृत वृत्तान्त मैं सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले——हे महाराज! अब मैं क्षत्रयुगका विस्तृत वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए। इस युगमें सभी प्रजाजन यज्ञकार्यमें आसक्त और विविध दान-धर्ममें अनुरक्त रहते हैं ॥ ३ ॥ जो अंगुष्ठमात्रके मुनिगण नियत कर्मोंके अनुष्ठान द्वारा सूर्यमण्डलका भेदन करके सभी लोकोंमें विचरण करते हैं, जो विचरण करते हुए भी मोक्षलाभके निमित्त यज्ञादि कार्यों तथा शम-दमादि गुणोंमें सदा अनुरक्त रहते हैं, जो ईश्वरके प्रीत्यर्थ सदा वैदिक कर्मोंमें तत्पर रहते हैं, वेद ही जिनका एकमात्र साधन रहता है, ब्रह्मज्ञानका उद्बोध हो जानेके कारण जो सदा ब्रह्मचर्यका पालन करते रहते हैं और जिनका दर्शन करके अन्य प्राणी भी पवित्र हो जाते हैं ॥ ४–६ ॥ सहस्र युग पूर्ण होने और सत्ययुग व्यतीत हो जानेपर जो प्रलयपथके पथिक बन जाते हैं, वे मुनिगण अगले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कल्पमें सदाचारसम्पन्न, ज्ञानसिद्ध तथा एकाग्रचित्त ब्रह्मके रूपमें अवतीर्ण होते हैं ॥ ७ ॥ उस कल्पमें योगात्मा भगवान विष्णु ब्रह्माजीके द्वारा दक्ष प्रजापतिके रूपमें जायमान होकर प्रजाकी सृष्टि करते हैं ॥ ८ ॥ उस समय शुद्ध सतोगुणसे ब्राह्मण, रजोगुणसे क्षत्रिय, सतोगुण तथा रजोगुण इन दोनों गुणोंके विकारसे वैश्य एवं तमोगुणके विकारसे शूद्र उत्पन्न होते हैं ॥ ९ ॥ भगवान विष्णु श्वेत, लोहित, पीत तथा नील इन चार वर्णोंका विधान करते हैं। अतएव उस समयकी समस्त प्रजा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णोंमें परिणत हो जाती है ॥ १० ॥ ११ ॥ आश्चर्यकी बात तो यह है कि समस्त प्रजा यद्यपि द्विपद तथा एकाकार रहती है, किन्तु उसके धर्म अलग-अलग रहते हैं और कर्मफलभोगके कारण वे भिन्न-भिन्न वर्णोंमें विभक्त हो जाते हैं ॥ १२ ॥ वेदोंमें तीन वर्णवाले लोगोंके लिए कर्मका निर्देश किया गया है। अतएव वैष्णवयोग द्वारा ब्राह्मणादि तीन वर्णके लोगोंको ही वेदाध्ययनका अधिकार प्राप्त हुआ ॥१३॥ अतएव ब्राह्मणादि तीन वर्णोंमें जन्म पाना ईश्वरका अनुग्रह ही स्वीकार करना पड़ेगा। ज्ञान और ऐश्वर्यसम्पन्न प्राचेतस दक्ष विष्णुस्वरूप थे और

ब्रह्मसम्भवः ॥ दक्षः प्रजापतिर्भूत्वा सृजते विपुलाः प्रजाः ॥ ८ ॥ अक्षराद्ब्राह्मणाः सौम्याः क्षरात्क्षत्रियबान्धवाः ॥ वैश्या विकारतश्चैव शूद्रा धूमविकारतः ॥ ९ ॥ श्वेतलोहितकैर्वर्णैः पीतैर्नीलैश्च ब्राह्मणाः ॥ अभिनिर्वर्तिता वर्णाश्चिन्तयानेन विष्णुना ॥ १० ॥ ततो वर्णत्वमापन्नाः प्रजा लोके चतुर्विधाः ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्चैव महीपते ॥ ११ ॥ एकलिङ्गाः पृथग्धर्मा द्विपदाः परमाद्भुताः ॥ यातनायाभिसम्पन्ना गतिज्ञाः सर्वकर्मसु ॥ १२ ॥ त्रयाणां वर्णजातानां वेदप्रोक्ताः क्रियाः स्मृताः ॥ तेन ब्राह्मणयोगेन वैष्णवेन महीपते ॥ १३ ॥ प्रज्ञया तेजसा योगात्तस्मात्प्राचेतसः प्रभुः ॥ विष्णुरेव महायोगी कर्मणामन्तरं गतः ॥ १४ ॥ ततो निर्माणसम्भूताः शूद्राः कर्मविवर्जिताः ॥ तस्मान्नार्हन्ति संस्कारं न ह्यत्र ब्रह्म विद्यते ॥१५॥ यथाऽग्नौ धूमसंघातो ह्यरण्या मथ्यमानया ॥ प्रादुर्भूतो विसर्पन्वै नोपयुञ्जन्ति कर्मणि ॥१६॥ एवं शूद्रा विसर्पन्तो भुवि कात्स्न्र्येन जन्मना ॥ नासंस्कृतेन धर्मेण वेदप्रोक्तेन कर्मणा ॥ १७ ॥ ततोऽन्ये दक्षपुत्राश्च सम्भूता ब्रह्मयोनयः ॥ बलवन्तो महोत्साहा महावीर्या महौजसः ॥ १८ ॥ पित्रा प्रोक्ता महात्मानो दक्षिणा यज्ञकर्मणा ॥ अन्तमिच्छाम्यहं श्रोतुं धात्र्याः पुत्रा बलो ह्यहम् ॥ १९ ॥ ततो विधास्ये तत्त्वज्ञाः प्रजानां विपुलं बलम् ॥ विपुलत्वाद्धि क्षेत्राणां ममापि विपुलाः प्रजाः ॥ २० ॥ न तेषां दर्शयद्देवी चक्षुषा रूपमात्मनः ॥ प्रजापति-

विष्णुके समान ही महान् योगी थे ॥१४॥ जिसका जैसा कर्मफल होता है, तदनुसार उसे उच्च या नीच योनियाँ प्राप्त होती हैं। शूद्र केवल शिल्पकार्य तथा ब्राह्मणादि तीनों वर्णोंकी सेवाके लिए उत्पन्न हुए हैं। कर्मकाण्डपर उनका कोई अधिकार नहीं है। अतएव उनका उपनयनसंस्कार तथा वेदाध्ययन वर्जित माना गया है ॥ १५ ॥ जिस तरह अरणिका मन्थन करनेपर जो आग निकलती है, उसका धुआँ किसी कामका नहीं होता। उसी प्रकार शूद्र सैकड़ों योनियोंमें चक्कर काटकर भी उपनयनसंस्कार, वेदाध्ययन एवं वैदिक कर्मकाण्डके अधिकारी नहीं होते ॥ १६ ॥ १७ ॥ किन्तु जो दक्षसन्तति ब्राह्मणवंशमें उत्पन्न हुई रहती है, वह अधिक बलवान्, अत्यधिक उत्साही, प्रबल पराक्रमी और पूर्ण शक्तिसम्पन्न होती है ॥१८॥ एक समय दक्षप्रजापतिने अपने पुत्रोंको सम्बोधित करके कहा—पुत्रगण! मैं स्वयं तुम्हारी जननीका बलाबल जाननेमें समर्थ होते हुए भी तुम्हारे मुखसे ही उसे सुनना चाहता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हूँ ॥ १९ ॥ उसे सुनकर यदि दुर्बलता ज्ञात होगी तो मैं तुम लोगोंको बलवान् बना दूँगा। क्योंकि जब क्षेत्र उत्कृष्ट होता है तो सन्तति भी उत्कर्ष लाभ कर सकती है ॥२०॥ पिताके वचन सुनकर पुत्रगण मायाका बल जाननेको कृतसंकल्प हुए, किन्तु महादेवीने उन्हें अपना स्वरूप नहीं ज्ञात होने दिया ॥२१॥ विद्वान् व्यक्तियोंके लिए सत्ययुगका धर्म स्वभावसिद्ध रहता है। अर्थात् उत्कृष्ट ज्ञान तथा उत्कृष्ट कर्मानुष्ठान प्राप्त कर लेनेपर मुक्तिमार्गमें अवरोधकी कोई सम्भावना नहीं रहती। सो भूतधात्री भगवती माया ज्ञान द्वारा प्रेरित होकर अण्डज-स्वेदज प्राणियों, घटादि पदार्थों तथा कर्मफलभोक्ता जीवोंकी सूक्ष्मता एवं विस्तृतिका विधान करती हैं ॥ २२ ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेय'कृतनारायणी'भाषाटीकायामेकविंशोऽध्यायः ॥ २१ ॥

(प्रकृत्यात्मक यज्ञादिस्वरूप धर्मका वर्णन) राजा जनमेजय बोले—हे विप्रवर! अब त्रेतायुगके उत्कृष्ट धर्मों तथा जिनको जानकर सांख्यादि शास्त्रोंसे प्रतिपाद्य अविनाशी

सुतानां वै विपुला सारमिच्छताम् ॥ २१ ॥ आत्मनो भावनिर्वृत्ते भावे कृतयुगे तदा ॥ जनित्री सर्वभूतानामण्डजानुद्भिजांस्तथा ॥ २२ ॥ संवेदजननी धात्री चेति मात्रा प्रचोदिता ॥ अणुतां तनुतां चैव जन्तूनां कर्मभोगिनाम् ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकविंशतितमोऽध्यायः ॥ २१ ॥

जनमेजय उवाच ॥ साध्वहं श्रोतुमिच्छामि त्रेतायां ब्राह्मणोत्तम ॥ यज्ज्ञात्वा सर्वविद्यानां परं पश्येयमव्ययम् ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ दक्षस्तु पुनरालम्ब्य स्त्रीभावं पुरुषोत्तमः ॥ योगाद्योगेश्वरात्मानं निषण्णो गिरिमूर्द्धनि ॥ २ ॥ सुजानुः पीनजघना सुभ्रूः पद्मनिभानना ॥ रक्तान्तनयना कान्ता सर्वभूतमनोरमा ॥ ३ ॥ दक्षः प्राचेतसस्तस्यां कन्यायां जनयत्प्रभुः ॥ देहार्धं योगविधिना कन्याः पद्मनिभाननाः ॥ ४ ॥ दक्षः पुरुषरूपेण स्त्रीरूपमपहाय वै ॥ दर्शने सर्वभूतानां कान्तः कान्ततरोऽभवत् ॥ ५ ॥ ताः कन्याः प्रददौ दक्षः स्वयं प्राचेतसः प्रभुः ॥ ब्रह्म-देयेन विधिना ब्रह्मप्राप्तेन भारत ॥ ६ ॥ प्रददौ दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश ॥ सप्तविंशति सोमाय पत्नीहेतोः समाहितः ॥ ७ ॥ दक्षो दत्त्वाऽथ ताः कन्या ब्रह्मक्षेत्रं प्रपद्य च ॥ ब्रह्मणाऽध्युषितं पुण्यं समाहितमना मुनिः ॥ ८ ॥ तप्यमानो मृगैः सार्द्धं चचार वसुधां नृप ॥ तृणमूलफलैर्वृद्धो वृद्धश्च

परम पुरुषको प्राप्त किया जा सकता हो, वही विषय सुननेकी मेरी अभिलाषा है ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! पुरुषोत्तम दक्षप्रजापति योगबलसे अपने शरीरको दो भाग करके उनमें एक भागसे स्त्री और अपरभागसे पुरुषरूपमें परिणत होकर सुमेरुपर्वतके शिखरपर रहने लगे ॥ २ ॥ उनके शरीरार्धसे जो स्त्री जायमान हुई, उसका जानुभाग सुन्दर, जघनभाग मोटा, भौंहें सुन्दर, मुख कमलसदृश मनोहर और नयनोंका अपाङ्ग कुछ रक्तवर्ण था। अतएव उसका सर्वजनमोहक स्वरूप बड़ा ही चमत्कारपूर्ण दिखायी देता था ॥ ३ ॥ ४ ॥ प्राचेतस दक्षने उस स्त्रीसे कितनी ही कमलमुखी कन्यायें उत्पन्न करके अपना नारीरूप त्याग दिया और शुद्ध पुरुषरूपधारी हो गये। उनका वह पुरुषरूप भी बड़ा ही मनोहारी था ॥ ५ ॥ हे महाराज! इसके बाद उन्होंने ब्राह्मविधिसे ब्राह्मणोंके साथ उन कन्याओंका विवाह कर दिया। उनमेंसे उन्होंने दस कन्यायें धर्मको, तेरह कश्यपको, सत्ताईस कन्यायें चन्द्रमाको देकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वयं परम पवित्र आध्यात्मिक ब्रह्मयोगका अवलम्बन करके तपस्यामें लीन होकर मृगगणोंके साथ वनमें निवास करने लगे। वहाँ तृण तथा फल-मूल ही उनकी जीविकाका साधन था
और दिन-दिन उनका तप बढ़ता जाता था ॥ ६–८ ॥ उनकी तपस्याके प्रभावसे मृगगण स्वभावसिद्ध हिंसा-द्वेपसे शून्य होकर सानन्द विहार करते थे। तपोदीक्षित, निष्पाप-
कलेवर तथा पुण्यकर्मा ब्राह्मणगण उनका तपःपुञ्ज देखकर बहुत प्रसन्न हुए ॥ ९ ॥ १० ॥ शरीर तथा इन्द्रियोंको वशमें करनेके लिए समर्थ दक्षप्रजापतिने घोरतर संग्राम करके जब चित्तपर
विजय प्राप्त कर लिया, तब उन्हें सर्वज्ञताका लाभ हो गया। अब वे उसी सर्वज्ञताके बलसे कर्मकाण्डियोंके कर्मफलभोगका पथ अपनी दिव्य दृष्टिसे देखने लगे ॥ ११ ॥ इधर उदार,
निरुद्विग्नचित्त और निरामिषभोजी मानवगण सस्त्रीक वनगमन करके तपस्या अवलम्बनपूर्वक मृगगणोंके साथ स्वच्छन्द विहार करने लगे। वेदाध्ययनसम्पन्न तथा शुद्धसत्त्व ब्राह्मणोंने
प्रणवबलसे उस देहमें ब्रह्मका अधिष्ठान किया। कर्मनियुक्त, जितक्रोध, जितेन्द्रिय, निर्वाणपथैषी एवं वसुधाचारी इस देहको ब्रह्मक्षेत्र कहते हैं ॥१२–१४॥ हे महाराज ! जो ब्रह्मपदका

तपसाऽसकृत् ॥९॥ मृगास्तु तस्य मोदन्ति फलं मोदन्ति ब्राह्मणाः ॥ दीक्षिताः पुण्यकर्माणस्तपसा दग्धकिल्बिषाः ॥१०॥ संग्रामकाले कालज्ञः शरीराद्-
पतिर्मुनिः ॥ कर्मयज्ञकृतां तत्र सिद्धिं पश्यति लक्षणाम् ॥ ११ ॥ दानमानप्रवीराश्च निरुद्वेगा निरामिषाः ॥ मृगैः सह जरां यान्ति सपत्नीकाः
सुपुत्रिणः ॥१२॥ ब्राह्मणाः स्तोत्रसंसिद्धा जनित्रे प्रथमे पदे ॥ ब्रह्मणाऽध्युषितत्वाच्च ब्रह्मक्षेत्रमिहोच्यते ॥१३॥ यतिभिः कर्मभिर्मुक्तैर्जितक्रोधैर्जि-
तेन्द्रियैः ॥ चरद्भिर्वसुधां विप्रैरकिंचनपथैषिभिः ॥ १४ ॥ या प्रजा पूर्वमारूढा मानसी ब्रह्मचारिणी ॥ सैवैषा व्यक्तिमापन्ना स्वभावदुरतिक्रमा
॥ १५ ॥ अव्यक्ता व्यक्तमापन्ना स्वभावाद्दुरतिक्रमा ॥ व्यक्ताव्यक्तगतिश्चैषा कालधर्मान्महीपते ॥ १६ ॥ स्थावरा जङ्गमाश्चैव स्थूलाः सूक्ष्माश्च
भारत ॥ कालयोगेन कालज्ञा भवन्ति न भवन्ति च ॥१७॥ एताश्चैताः प्रजाः सर्वा दक्षकन्यासु जज्ञिरे ॥ कश्यपेनाव्ययेनेह संयुक्ताः कालधर्मणा
॥ १८ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवा मरुद्गणाः ॥ नागाश्चानेकशिरसः साध्या वै पन्नगास्तथा ॥ १९ ॥ गन्धर्वाः किन्नरा यक्षाः सुपर्णाश्च
तथाऽपरे ॥ गरुत्मान्सह यक्षैश्च किन्नराश्च सुवाससः ॥ २० ॥ गावः पशुगणैः सार्द्धं नराश्च वसुधाधिप ॥ चराचराश्च वसुधाधर्तारश्च धराधराः
॥२१॥ गजाः सिंहाश्च व्याघ्राश्च हयाः पक्षधरास्तथा ॥ खड्गा विषाणिनश्चैव वृषभाश्च मृगास्तथा ॥२२॥ चतुर्विषाणा नागेन्द्राः पद्माभा वर्णतः

अवलम्बन करके ब्रह्ममें लीन हो जाते हैं, उन्हीं लोगोंको पूर्व प्रारब्धवश पुनः पुनः संसारमार्गमें विचरण करना पड़ता है। क्योंकि स्वभावका अतिक्रमण बहुत कठिन होता है ॥ १५ ॥
कुछ लोग समाधिबलसे अव्यक्त स्वरूप होते हुए भी कालबलसे व्यक्तभाव धारण कर लेते हैं। कालवश स्थावर, जङ्गम, स्थूल, सूक्ष्म सभी पदार्थ एकदम योगज्ञ अथवा सर्वथा योगज्ञानशून्य
हो जाते हैं। अतएव योगसाधनके लिए सब लोगोंको यत्न करना चाहिए ॥ १६ ॥ १७ ॥ संसारके सभी जीवोंकी उत्पत्ति दक्षकन्याओंसे ही हुई है, किन्तु कालधर्मा अक्षयपुरुष एक-
मात्र कश्यप ही उनकी उत्पत्तिके प्रधान कारण हैं ॥ १८ ॥ आदित्य, वसुगण, रुद्र, विश्वेदेव, मरुद्गण, अनेक मस्तकोंवाले नागगण, साध्यगण, पन्नग, गन्धर्व, किन्नर, यक्ष, सुपर्ण,
गरुड़, गौवें, अन्यान्य पशु, मनुष्य, पर्वत, चर-अचर प्राणी, गज, सिंह, व्याघ्र, पक्षी, गैंड़े, शृङ्गधारी वृषभ, चतुःशृङ्ग मृग, पद्मपत्रवर्ण गजराज एवं अन्यान्य इच्छानुसार रूपधारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जीवगण, इनके अतिरिक्त पूर्वकल्पके समान रूप, गुण, देह तथा पराक्रमसम्पन्न मुनिगण, ये इस सनातन धर्मक्षेत्र भारतवर्षमें पुनः जन्म लेंगे॥ १९–२४ ॥ परमात्मनिष्ठ तथा वेदपरायण धार्मिकगण मानस लोकमें जायमान होते हैं। देवता भी उसी मानसलोकमें उत्पन्न होकर स्वर्गलोकमें निवास करते हैं ॥ २५ ॥ जो गृहस्थ पुरुष तपःसिद्धि तथा गुरुशुश्रूषा द्वारा ब्रह्मचर्यसिद्धि प्राप्त करते हैं, जो बड़े कष्टसे योगसिद्ध होते हैं और जो उञ्छवृत्तिका अवलम्बन करके असाधारण धैर्यगुणसे कठोरतर व्रतका पालन करते हैं, वे सब कृतार्थ होकर स्वर्गलोकको गमन करते हैं ॥ २६–२८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

(ब्रह्मयज्ञका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! सुमेरु पर्वतके मध्यभागमें एक विशाल समतल क्षेत्र था। वहाँ नाना प्रकारके वृक्ष और मैनसिल आदि तरह-तरहके

शुभाः ॥ सर्वलक्षणसंपन्नाः प्राणिनः कामरूपिणः ॥ २३ ॥ तेषां रूपैस्तथा गात्रैस्तैः शीलैस्तैः पराक्रमैः ॥ मुनयः पुनरुद्भूता धर्मक्षेत्रे सनातने ॥ २४ ॥ क्षेत्रज्ञा मानसे लोके धर्मिणो वेदगोचराः ॥ यत्रोद्भूताः सुराः सर्वे दिवि लोके प्रतिष्ठिताः ॥ २५ ॥ ये चान्ये तपसा सिद्धा गृहस्था मनुजाधिप ॥ ब्रह्मचर्येण संसिद्धाः परिचर्यां गता गुरोः ॥ २६ ॥ ये च योगगतिं प्राप्ताः सिद्धिहेतोर्महीपते ॥ क्लेशाधिकैः कर्मजन्यैर्वृत्तिं लप्स्यन्ति वै द्विजाः ॥ २७ ॥ शिलोञ्छवृत्तयः ख्याताः सपत्नीका दृढव्रताः ॥ सर्वे त्वेते दिविचरा भवन्ति चरितव्रताः ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि द्वाविंशतितमोऽध्यायः ॥ २२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पितामहं पुरस्कृत्य मेरुपृष्ठे समाहिताः ॥ जटाजिनधरा विप्रास्त्यक्तक्रोधा जितेन्द्रियाः ॥ १ ॥ पर्वतान्तरसंसिद्धे बहुपादपसंवृते ॥ धातुसंरञ्जितशिले समे निस्तृणकण्टके ॥ २ ॥ त्रयाणां ब्रह्मवेदानां पञ्चस्वरविराजिते ॥ मन्त्रयज्ञपरा नित्यं नित्यं व्रतहिते रताः ॥ ३ ॥ एकमेवाग्निमाधाय सर्वे ब्राह्मणपुङ्गवाः ॥ बिभिदुर्मन्त्रविषयैः सुसमाहितमानसाः ॥ ४ ॥ त्रिधा प्रणीतो ज्वलनो मुनिभिर्वेदपारगैः ॥ अतस्ते तत्त्वमापन्ना यदेकस्त्रिविधः कृतः ॥ ५ ॥ एक एव महानग्निर्हविषा संप्रवर्तते ॥ स्वधाकारेण धर्मज्ञ मन्त्राणां कार्यसिद्धये ॥ ६ ॥ स्वयं च दक्षः संप्राप्तो भगवान्भूतसत्कृतः ॥ ब्रह्मा ब्राह्मणनिर्माता सर्वभूतपितामहः ॥ ७ ॥ दण्डी चर्मी शरी खड्गी शिखी पद्मनिभाननः ॥ अभ-

शिलाखण्ड विद्यमान थे। घास-फूस तथा काँटोंका नाम भी वहाँ नहीं था। निरन्तर पंचम स्वरमें वेदत्रयीका पाठ होता रहता था। जटाजिनधारी; जितेन्द्रिय, जितक्रोध, मंत्रयज्ञपरायण और ब्रह्मोपासक ब्राह्मणगण उस सुमेरुपर्वतके पृष्ठपर निवास करते थे ॥ १–३ ॥ वे वहाँ अग्नि स्थापन करके और ब्रह्माको अपने सम्मुख बैठाकर एकाग्र मनसे केवल मत्रभेद द्वारा अग्निका नामभेद किया करते थे ॥ ४ ॥ एकमात्र अग्नि मुनियों द्वारा तीन भागोंमें संस्कृत होनेके कारण ही तीन प्रकारका माना जाने लगा ॥ ५ ॥ पहले वही एक अग्नि कार्यसिद्धिके निमित्त आज्यसंयुक्त स्वधाकार मंत्रोंके सहयोगसे परिवर्धित होता था ॥६॥ सर्वलोकपूजित ब्राह्मण लोकपितामह भगवान ब्रह्मा स्वयं कार्यके प्रतीक हुए ॥७॥ वे जितक्रोध तथा जितेन्द्रिय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्मा दण्ड, चर्म, खड्ग और शिखा धारण करके निरुद्वेग मेधाके साथ उसी कमलपर यज्ञ करने लगे ॥८॥ वैदिकविधिके अनुसार यज्ञके लिए घृत, दुग्ध, जौ, धान्य तथा आज्य आदि जो सामग्रियाँ जुटी थीं, वे सब परब्रह्म परमात्माके चरणोंमें समर्पित कर दी गयीं ॥९॥१०॥ तदनन्तर कर्मकुशल ब्रह्माने आग्नेयी अरणिका मंथन करके अग्नि उत्पन्न किया और उस अग्निमें एक अन्य अग्निकी कल्पना की ॥ ११ ॥ यज्ञकार्यके उद्देश्यसे अग्निमें जैसे ही आज्यादि पदार्थोंकी आहुति दी गयी, वैसे ही अग्निदेवने हव्यमय फल प्रदान किया। आहुतिमें दिये गये द्रव्योंके तारतम्यसे यज्ञफलप्राप्तिके नियम जाननेवाले मुनियोंने तदनुसार द्रव्य हवन करनेकी व्यवस्था की थी ॥१२॥१३॥ उस विस्तीर्ण ब्रह्मयज्ञमें बृहस्पतिने स्वयं छ महीने तक चारों वेदोंका प्रवचन किया। तदनन्तर उन बृहस्पतिसे अन्यान्य लोगोंने उन सुमधुर तथा स्वर्गादिसाधनस्वरूप चारों वेदोंका अध्ययन किया ॥१४॥१५॥ वह प्रवृत्तिविधायक वेदाध्ययन शब्द

वन्न्यस्तसंतापो जितक्रोधो जितेन्द्रियः ॥ ८ ॥ यजते पुष्करे ब्रह्मा मेधया सह संगतः ॥ इन्द्रप्रोक्तानि सामानि गीयन्ते ब्रह्मवादिभिः ॥ ९ ॥
घृतं क्षीरं यवा व्रीहिः सर्वं परमकं हविः ॥ वेदप्रोक्तं मखे न्यस्तं कल्पितं ब्रह्मणः पदे ॥ १० ॥ निर्मथ्यारणिमाग्नेयीं शमीगर्भसमुत्थिताम् ॥ स
ब्रह्मा प्रथमं तस्मिन्नग्निमन्यं प्रवर्त्तयत् ॥ ११ ॥ न ह्यल्पं विहितं द्रव्यं यथाग्निर्यज्ञकर्मणि ॥ प्रवर्त्तयेद्विभागैर्वा हुतद्रव्यमयं बलम् ॥ १२ ॥ फलानि
तैः प्रयुक्तानि हवींषि विततेऽध्वरे ॥ प्रयुञ्जते प्रयोगज्ञा मुनयो ब्रह्मवादिनः ॥ १३ ॥ षण्मासांश्चतुरो वेदान्स बभाषे बृहस्पतिः ॥ ब्रह्मणो वितते
यज्ञे परया ब्रह्मसम्पदा ॥ १४ ॥ शिक्षाक्षरसमेताया मधुरायाः समन्ततः ॥ सानुस्वरितरामायाः सरस्वत्याः प्रभाषते ॥ १५ ॥ तेन ब्राह्मणशब्देन
ब्रह्मप्रोक्तेन भारत ॥ बिभाति स मखो व्यक्तं ब्रह्मलोक इवापरः ॥१६॥ मखो ब्रह्ममुखोत्तीर्णो ब्रह्मशब्दैरनामयैः ॥ प्रयोगैः संप्रयुक्तस्य जल्पन्निव
स वर्द्धते ॥ १७ ॥ समिद्भिः सोमकलशैः पात्रैश्चैव बहिश्चरैः ॥ यवैर्व्रीहिभिराज्यैश्च पूर्णैश्च जलभाजनैः ॥ १८ ॥ कर्मप्राप्तैश्च पशुभिः कर्मभिश्चा-
परान्वितैः ॥ गोभिः पयस्विनीभिश्च परिवेशैश्च कोमलैः ॥ १९ ॥ ब्रह्मवृद्धो वयोवृद्धस्तपोवृद्धश्च भारत ॥ ब्रह्मज्ञानमयो देवो विद्यया सह संगतः
॥ २० ॥ मानसैश्च क्रियामूर्तिर्ये च भूताः स्वयं नृप ॥ ब्रह्मा जुहोति तांस्तस्मान्मरुद्भिः सहितस्तदा ॥ २१ ॥ तेजोमूर्तिधरे रूपैर्न च तत्कर्मणाऽ-
स्पृशत् ॥ वेदप्रोक्तेन विधिना सर्वप्राणभृतां वरः ॥ २२ ॥ निर्मथ्यारणिमाग्नेयीं शमीगर्भसमुत्थिताम् ॥ क्रतुना यजते पूर्णमग्निष्टोमेन स प्रभुः
॥ २३ ॥ सदस्यैस्तत्सदो व्यक्तं शुशुभे यज्ञकर्मणि ॥ जल्पन्ति मधुरा वाचः सानुस्वाराः क्रियास्तथा ॥२४॥ कर्मभिश्च तपोयुक्तैर्वेदवेदाङ्गपारगैः ॥

तथा ब्रह्मयज्ञ द्वितीय ब्रह्मलोकके समान देदीप्यमान हो उठा। उस यज्ञमें समिधा, सोमरसपूर्ण चमस, सुरा आदिका पात्र, पशु, पूर्णकुम्भ, धान्य, यव, आज्य, सवत्सा और दुधार गौ और सुवर्णादि सभी द्रव्य निर्दोष वेदमय मन्त्रोच्चारणपूर्वक नियमानुसार ब्रह्मको समर्पित करते ही परिवर्धित हो उठे ॥१६-१९॥ वेदवृद्ध, वयोवृद्ध तथा ज्ञानमय ब्रह्मा तेजस्वीरूपधारी देवताओंके साथ मिलकर उद्गीथ आदि उपासनाविधि सहित समिधा और घृत आदि आज्यसामग्रीकी आहुति प्रदान करने लगे। उस यज्ञके साथ अन्य यज्ञोंकी तुलना नहीं की जा सकती ॥ २०-२२ ॥ भगवान ब्रह्माने शमीकाष्ठसे निःसृत आग्नेयी अरणिका मन्थन करके सर्वप्रथम अग्निष्टोम याग आरम्भ किया ॥ २३ ॥ सदस्यगण यज्ञस्थलमें चारों ओर विराजमान हुए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और अध्वर्यु तथा चमसप्रभृति पात्रविषयक नाना प्रकारकी यज्ञीय वार्ताओंका सुमधुर विवादका होने लगा ॥ २४ ॥ इधर तपःपरायण, वेद-वेदाङ्गपारदर्शी एवं चन्द्र-सूर्य सदृश तेजस्वी ऋत्विग्गणोंकी उपस्थितिसे उस यज्ञकी शोभा असीम हो उठी ॥२५॥ उच्च स्वरसे वेदघोष और विभिन्न देवताओंके आगमनसे वह सुमेरुपर्वतका पृष्ठभाग द्वितीय ब्रह्मलोकके समान प्रतीयमान होने लगा ॥२६॥ इस भूलोककी बात तो दूर रही, वेद-वेदाङ्गपारदर्शी विनीतस्वभाव तथा तपःपूत जो ब्रह्मवादी स्वर्ग चले गये थे, वे भी उस यज्ञकी सराहना करने लगे ॥२७॥ अग्नित्रयीके समान तेजस्वी ब्राह्मणत्रयसे वह परम समृद्धिसम्पन्न ब्रह्मयज्ञ ब्रह्मलोकके समान शोभायमान होने लगा ॥ २८ ॥ वेदपाठीगण इन्द्रकथित सामवेदोक्त मंत्रोंका पाठ करने लगे और अध्वर्यु-ऋत्विक् प्रभृति याज्ञिक विप्र यजुर्वेदके वचनोंका यथाविधि प्रयोग करने लगे ॥ २९ ॥ तपःश्रान्त, ब्रह्मपरायण तथा सत्यानुरक्त मुनिगण उस यज्ञका समाचार सुनकर वहाँ आ उपस्थित हुए ॥ ३० ॥ धार्मिक महानुभावोंमें अग्रणी देवगुरु बृहस्पति विभिन्न रूप धारण करके होता तथा ब्रह्माके कार्यपर नियुक्त हुए ॥ ३१ ॥ यजमानने यज्ञके अन्तमें उस यज्ञका फल

सूर्येन्दुसदृशै राजन्विरराज महाक्रतुः ॥ २५ ॥ ब्रह्मघोषेण महता ब्रह्मावास इवापरः ॥ वसुधामिव संप्राप्तैः सर्वैरेव दिवौकसैः ॥ २६ ॥ वेदवेदाङ्ग-विद्भिश्च विनीतैर्ब्रह्मवादिभिः ॥ गतागतैस्तपःश्रान्तैः स्वर्गलोके महीयते ॥२७॥ ज्वलद्भिरिव विप्रैस्तैस्त्रिभिरेवाध्वरेऽग्निभिः ॥ ब्रह्मलोक इवाभाति ब्रह्मणः स महाक्रतुः ॥२८॥ इन्द्रप्रोक्तानि सामानि गायन्ति ब्रह्मवादिनः ॥ वचनानि प्रयुक्तानि यजूंषि विततेऽध्वरे ॥ २९ ॥ तपःशान्ता ब्रह्मपराः सत्यव्रतसमाहिताः ॥ आययुर्मुनयः सर्वे मनोभिः श्रोत्रवादिभिः ॥ ३० ॥ होता चैवाभवद्राजन्ब्रह्मत्वे च बृहस्पतिः ॥ सर्वधर्मविदां श्रेष्ठः पुराणो ब्रह्मसंभवः ॥ ३१ ॥ यजमानश्च यज्ञान्ते विष्णोः पूजां प्रयुज्य च ॥ अदित्याः पश्चिमे गर्भे तपसा संभृते नृप ॥ ३२ ॥ पदं विष्णुरजो ब्रह्मा निर्द्वन्द्वं निष्परिग्रहम् ॥ यतः पदसहस्राणि भविष्यन्त्युद्भवन्ति च ॥ ३३ ॥ अवन्ध्यं चाप्रमेयं च व्यतिरिक्तं च कर्मभिः ॥ आत्मापि यस्य मुनयो भवन्ति निष्परिग्रहाः ॥ ३४ ॥ परिग्रहाश्च विषया दोषप्राप्ता महीपते ॥ दोषाश्च युगपत्सर्वे छादयन्ति मनोबलात् ॥ ३५ ॥ इन्द्रियग्रामविषये चरन्तो निष्परिग्रहाः ॥ परिग्रहं शुभं धर्ममविद्यालक्षणं विदुः ॥ ३६ ॥ विद्यालक्षणसंयोगान्न मनश्छाद्यते नृप ॥ यदि चेन्मुनिशब्देन गृह्यते ब्रह्मवादिभिः ॥ ३७ ॥ वेदविद्याव्रतस्नातैर्नियतैः कुरुसत्तम ॥ दिवि लोकाः सतां स्थानं लोकानां लोक उच्यते ॥ ३८ ॥ यत्र देवा हव्यपुष्टा न

विष्णुभगवानको अर्पित कर दिया और उसी यज्ञके फलस्वरूप स्वयं विष्णु अदितिके गर्भसे जायमान हुए ॥ ३२ ॥ विष्णुका ही पद सर्वश्रेष्ठ है। वे ही अज, वे ही निर्द्वन्द्व एवं वे ही ज्ञानकार्य हैं। उसी सर्वोत्कृष्ट विष्णुपदसे इन्द्र आदि असंख्य पद उत्पन्न हुए हैं और आगे चलकर भविष्यमें भी उत्पन्न होंगे ॥ ३३ ॥ उस पदका कभी भी नाश नहीं होता। उस पदका कोई परिमाण भी नहीं है और केवल कर्मसे उस पदकी प्राप्ति नहीं होती। परिग्रहपरिशून्य मुनिगण उस पदके आत्मास्वरूप होते हैं ॥ ३४ ॥ आकर्षणकारी रूपादि सभी विषय दोषदुष्ट होते हैं। क्योंकि रूपादि विषय सहसा मनको अपनी ओर खींच लेते हैं। यद्यपि देहधारियोंके लिए रूप आदिका विषय अपरिहार्य रहता है। फिर भी जो लोग इन्द्रियविषयीभूत रूपादिके मार्गमें विचरण करते हुए भी किसी ओर आकृष्ट नहीं होते, वे ही यथार्थ निष्परिग्रह अर्थात् मुनिपद प्राप्त करनेके अधिकारी माने जाते हैं ॥ ३५–३७ ॥ वेदविहित धर्मकार्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी अरागतामूलक प्रतिबन्धस्वरूप ही होता है। अतएव द्वन्द्वपरिशून्य एकमात्र विष्णुपद ही श्रेयस्कर है। जिस समय ब्रह्मवादी व्यक्ति मुनित्वप्रतिपादक प्रणवके उपदेश द्वारा यथार्थ तत्त्वका ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। तब उसी तत्त्वज्ञानके बलसे रागादि विषयोंकी ओर उनका झुकाव नहीं होता। सज्जनोंके लिए स्वर्गलोक ही स्वाभाविक स्थान होता है और व्रतस्नात तथा जितेन्द्रिय वृद्धगण उसीको लोकोंका लोक कहते हैं ॥३८॥ वहाँ देवता हव्यपुष्ट होकर अविनाशी पद प्राप्त करते हैं। यजमान भी अपने कर्मबलसे श्रेष्ठ पद प्राप्त करके अपनी पत्नीके साथ निरुद्वेग सुख भोगता हुआ जीवनयापन करता है ॥३९॥ हे महाराज ! यज्ञफलदाता भगवानने यज्ञके अन्तमें प्राणियोंका कल्याण करनेके लिए दयापूर्ण हृदयसे ब्राह्मणादि तीनों वर्णोंके द्विजयजमानोंको वह पर्वतका प्रदान कर दिया ॥४०॥ किन्तु जिन लोगोंके मनमें ब्राह्मण-क्षत्रियादिका भेदसूचक अभिमान विद्यमान था, वे अपने सभी अंगों तथा समस्त कर्मगुणों द्वारा मोक्षप्राप्तिके लिए उस पर्वतका भेदन नहीं कर सके ॥ ४१ ॥ तब वे नितान्त श्रान्त तथा विषण्ण होकर पुनः संसारमार्गमें विचरण करने लगे ॥ ४२ ॥ उस समय गिरिवर सुमेरुने शान्तभावसे उन

क्षयं यान्ति भारत ॥ यजमानश्च भोगैः स्वैः कर्मप्राप्तोदिते पदे ॥ मोदते सह पत्नीभिर्विज्वरो वसुधाधिप ॥ ३९ ॥ यज्ञावसाने शैलेन्द्रं द्विजेभ्यः प्रददौ प्रभुः ॥ दयया सर्वभूतानां निर्मलेनान्तरात्मना ॥ ४० ॥ तं शैलं सर्वगात्राणि परस्परविशेषिणः ॥ न शेकुः प्रविभागार्थं भेत्तुं सर्वोद्यमैरपि ॥ ४१ ॥ ततस्ते ब्राह्मणगणा निषेदुर्वसुधातले ॥ श्रमेणाभिहताः सर्वे विवर्णवदना नृप ॥ ४२ ॥ सुपार्श्वो गिरिमुख्यस्तु वाग्भिर्मधुरभाषिता ॥ अब्रवीत्प्रणतः सर्वाञ्छिरसा तान्द्विजोत्तमान् ॥४३॥ नहि शक्यो बलाद्भेत्तुं युष्माभिरसुसङ्गिभिः ॥ अपि वर्षशतैर्दिव्यैः परस्परविरोधिभिः ॥ ४४॥ एकीभूता यदा सर्वे भविष्यथ समाहिताः ॥ अविरोधेन युगपद्विभजिष्यथ निर्वृताः ॥ ४५ ॥ बलं हि रागद्वेषाभ्यां वर्द्धते ब्रह्मसत्तमाः ॥ विमुक्तं रागदोषाभ्यां ब्रह्म वर्द्धति शाश्वतम् ॥ ४६ ॥ यदाऽहं भेदयिष्यामि स्वर्गभिन्नैः शिलासितैः ॥ धातुभिश्च विसर्पद्भिः शिखरैश्चानुपातिभिः ॥ ४७ ॥ विशीर्णैः पार्श्वविवरैर्नागैश्च गलितैर्भुवि ॥ बहुभिर्व्यालरूपैश्च चोद्यमानो गुहाशयैः ॥ ४८ ॥ प्रतिगृह्य च तद्वाक्यं शैलेन्द्रस्य सुभाषितम् ॥ तूष्णीं बभूवुस्ते सर्वे तदा ब्राह्मणसत्तमाः ॥ ४९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि त्रयोविंशतितमोऽध्यायः ॥ २३ ॥

प्रणत विप्रोंको सम्बोधित करके मधुर वाणीमें कहा—हे इन्द्रियासक्त यजमानगण ! तुम लोग यदि इस प्रकार परस्परविरोधी बनोगे तो दिव्य शतवर्ष पर्यन्त उद्योग करके भी इस पर्वतको विदीर्ण नहीं कर पाओगे ॥ ४३ ॥ जब समाधिबलसे तुम्हें सर्वत्र अभेद ज्ञान प्राप्त होगा तो अनायास बल प्राप्त हो जायगा और तुम सुखसे इस पर्वतका विभाजन करनेमें सफल हो जाओगे ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ हे ब्रह्मसत्तम ! रागद्वेषके रहते कभी भी स्वभावपर विजय प्राप्त नहीं की जा सकती। राग-द्वेषके दूर होनेपर ही ब्रह्मनिष्ठा बढ़ती है। अतएव जब तुम लोगोंको भेदनकार्यमें लगाऊँगा, तब तुम उस कार्यमें सफल हो जाओगे। वे ब्राह्मण शैलराज सुमेरुके इन वचनोंको सुनकर चुप हो गये ॥ ४६–४९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोविंशतितमोऽध्यायः ॥ २३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(ब्राह्मणकर्म) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उन तपोनिरत गृहस्थ ब्राह्मणोंने शैलराजके वचन सुननेके बाद बलि, होम, विष्णुपूजा और गुरुदेवकी अर्चना प्रभृति कार्य आरम्भ कर दिया । उनके ऐसा करनेसे ही पृथिवीपर बलि-होमादि कार्योंकी बढ़ती हो गयी ॥ १ ॥ २ ॥ तपःप्रार्थी ब्राह्मण संसारी प्राणियोंकी गति-अगति देखकर निष्कण्टक, समिधा-कुशपूर्ण एवं अति पवित्र विन्ध्याचलके समीप निवास करते हुए ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करने लगे । किसी समय उस स्थानपर ब्रह्मयज्ञ हुआ था । इस कारण उस स्थानको लोग ब्रह्मसदन कहते थे ॥ ३ ॥ ४ ॥ हे महाराज ! विशुद्धचित्त एवं गृहस्थधर्मपरायण गृही, सर्वत्यागी संन्यासी, वन्यफल-मूलभोजी, अग्निहोत्रव्रतस्नायी, चीर-वल्कलवसनधारी, जितक्रोध, समाहित-मनस्क, भिक्षाजीवी तथा जितेन्द्रिय वानप्रस्थीगण भी वहाँ निवास करनेकी कामना करते थे । जो पूर्वाचरित नियमानुसार क्रमशः ब्रह्मचर्यादि आश्रमधर्म प्राप्त करते हैं, उन्हींको

वैशम्पायन उवाच ॥ बलिर्होमाश्च वर्द्धन्ते अहन्यहनि भारत ॥ द्विजानां तपसाऽऽढ्यानां गृहधर्मेषु तिष्ठताम् ॥ १ ॥ देवतार्चाश्च पूज्यन्ते
तदाप्रभृति भारत ॥ तेषां ब्रह्मविदां राजन्पृथिव्यां ब्रह्मवादिभिः ॥२॥ तत्रैव ब्रह्मसदने समे निस्तृणकण्टके ॥ प्राज्येन्धनतृणे देशे पुण्ये पर्वतरोधसि
॥ ३ ॥ वासं यत्र प्रकुर्वन्ति दृष्ट्वा भगवतः क्रियाम् ॥ तपोऽर्थिनो महाभागा ब्रह्मचर्यव्रते स्थिताः ॥ ४ ॥ गृहस्थधर्मनिरता दानप्राप्तेन चेतसा ॥
यतयश्चापि कांक्षन्ति धर्मेणेह विकांक्षिणः ॥ ५ ॥ वन्यैः कर्मफलैश्चैव रता ब्राह्मणपुङ्गवाः ॥ अग्निहोत्रव्रतस्नाता जितक्रोधाः समाहिताः ॥ ६ ॥
दैवयुक्तेन वा युक्ताः कर्मणा ब्रह्मसत्तमाः ॥ चीरवल्कलसंवीता नियता नियतेन्द्रियाः ॥ ७ ॥ चरन्तो ब्रह्मचर्यं च व्रतमास्थाय दारुणम् ॥ अनेन
विधिना राजन्क्रमप्राप्तेन सर्वशः ॥ ८ ॥ क्रमाद्ये वेदसंस्कारं पुण्यं प्राप्ताः सनातनम् ॥ पूर्वैराचरितं राजन्मुनिभिर्ब्रह्मवादिभिः ॥ ९ ॥ नावेदविद्वाना-
गच्छेन्नापि रौद्रं व्रतं चरेत् ॥ न च त्यागेन गच्छेत गृहधर्मं न च त्यजेत् ॥ १० ॥ नैव गच्छेत दुःस्थानमप्राप्तो वेदसञ्चयम् ॥ ऋचश्च सञ्चयः
पूर्वः सामगानां च भारत ॥ ११ ॥ ये चापि पुत्रिणो न स्युः श्रुत्वाऽपि प्राप्नुयुः फलम् ॥ ब्राह्मणास्तपसा श्रान्ता गुरोश्च परिचर्यया ॥ १२ ॥ यस्य
नैव श्रुतं ब्रह्मन्न गृहीतं विशांपते ॥ कामं तं धार्मिको राजा शूद्रकर्माणि कारयेत् ॥ १३ ॥ अथवा नैव विद्येत यद्ब्रह्म नाद्रियेद्द्विजः ॥ द्वाभ्यां

सनातन वेदसंस्कार प्राप्त होता है ॥ ५–९ ॥ ब्रह्मचर्याश्रमव्रतपालनपूर्वक जिसने वेदाध्ययन नहीं किया और गृहस्थ बन गया, जिसने किसी कठोर व्रतका पालन नहीं किया, जिसने संन्यासाश्रममें प्राणत्याग नहीं किया, जिसने गार्हस्थ्य धर्म त्याग दिया, जिसने ऋक्-यजुः-साम इन तीनों वेदोंमें किसी वेदका ज्ञान नहीं प्राप्त किया, ऐसे ब्राह्मणोंके लिए संन्यासाश्रम स्वीकार करना उचित नहीं है ॥ १० ॥ ११ ॥ जो लोग गृहस्थकर्मका पालन तथा पुत्रप्राप्ति न करके वेदाध्ययन, गुरुशुश्रूषा तथा तपस्या करके ही जीवनयापन करते हैं, वे सभी आश्रमोंके फल अनायास प्राप्त कर लेते हैं ॥ १२ ॥ किन्तु जो ब्राह्मण वेदविद्यासे तनिक भी सम्पर्क नहीं रखते, ऐसे लोगोंसे धार्मिक राजा ब्राह्मणका काम न कराके शूद्रका काम कराये ॥१३॥ जो ब्राह्मण होकर भी वेदका आदर न करता हो, उसका ब्राह्मणत्व प्राप्त करना तो दूरकी बात है, वास्तवमें वह सदा अब्राह्मण ही रहता है । इसके विपरीत जो ब्रह्मचर्याश्रमके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाद गृहस्थ होकर भी पहलेसे ही अध्ययन-अध्यापनमें मनोयोग करता है, उसका सम्मान करना राजाके लिए अत्यन्त आवयश्क रहता है ॥ १४ ॥ अतएव जो अपनी उन्नति चाहता हो, ऐसे ब्राह्मणमात्रको चाहिए कि वह वेदाध्ययनके बाद ही अन्यान्य सांसारिक कार्योंमें प्रवृत्त हो ॥ १५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'-भाषाटीकायां चतुर्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २४ ॥

(मधु दैत्यके साथ भगवान विष्णुका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वेदपरायण, पवित्रदेह एवं दर्श-पौर्णमासादि यागकर्ता नारदादि देवर्षि तथा गन्धर्वगण यज्ञस्थलीमें हविरूपिणी दक्षिणा द्वारा ब्राह्मणादि जातिके क्रमसे क्रमशः लोकपितामह ब्रह्माकी पूजा करके मधुर वाणीमें स्तुति करने लगे ॥ १–३ ॥ भगवान ब्रह्मा उनका यज्ञ देख सर्वप्राणि-

तु श्रोत्रविषये मनः पूर्वं समाहितम् ॥ १४ ॥ एवं सर्वेन्द्रियारम्भान्वेदपूर्वान्समाचरेत् ॥ ब्राह्मणो भूतिसंपन्नो य इच्छेद्भूतिमात्मनः ॥ १५ ॥ इति
श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि चतुर्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ते तु गोब्रह्मणा नागाश्चन्द्रादित्यपुरस्कृताः ॥ ब्राह्मणान्पूजयन्देवान्वसुभिर्ब्रह्मसम्भवैः ॥ १ ॥ नारदप्रमुखाश्चैव गन्धर्वा
ऋषयो नृप ॥ कुर्वन्ति सततं यज्ञे क्रमप्राप्तं पितामहम् ॥ २ ॥ वचोभिर्मधुराभाषैः पञ्चेन्द्रियनिवासिभिः ॥ सर्वभूतप्रियकरैः सर्वभूतहितैषिभिः ॥ ३ ॥
स्तूयमानश्च यज्ञान्ते पञ्चेन्द्रियसमाहितैः ॥ प्रोवाच भगवान्ब्रह्मा दिष्ट्या दिष्ट्येति भारत ॥ ४ ॥ ततः कश्यपमाभाष्य प्रोवाच भगवान्प्रभुः ॥
भवानपि सुतैः सार्द्धं यक्ष्यते वसुधातले ॥ ५ ॥ क्रतुभिः परमप्राप्तैः संपूर्णवरदक्षिणैः ॥ यक्षाः सुराश्च ते सर्वे यथा प्रतिगुणैः प्रभो ॥ ६ ॥ वयं
यक्ष्यामहे पूर्वं पूर्वं यक्ष्यामहे वयम् ॥ एवमन्योन्यसंरम्भाद्विद्यन्ते बलदर्पिताः ॥ ७ ॥ दैतेयाश्चाप्यदैतेयाः परस्परजयैषिणः ॥ युद्धायैव प्रतिष्ठन्ति
प्रगृह्य विपुलौ भुजौ ॥ ८ ॥ निवार्यमाणा ऋषिभिस्तपसा दग्धकिल्बिषैः ॥ अन्यैश्च विविधैर्विप्रैर्वेदवेदाङ्गपारगैः ॥ ९ ॥ निवार्यमाणा युध्यन्ते वृषभा
इव गोकुले ॥ प्रयुद्धारम्भसंक्रान्ताः सर्वे प्राणजयैषिणः ॥ १० ॥ पश्यतां सर्वभूतानां मृत्योर्विषयमागताः ॥ ततः शब्देन महता परं कृत्वा
महाबलाः ॥ ११ ॥ रुन्धन्ति बाहुभिः क्रुद्धाः सपक्षा इव पक्षिणः ॥ चचाल वसुधा चैव पादक्रान्ता च रोचिभिः ॥ १२ ॥ नौर्यथा पुरुषाक्रान्ता

हितकर तथा सन्तोषजनक स्तुति सुनाकर बहुत प्रसन्न हुए और कहने लगे-"भाग्यवश ही तुम्हारी इस प्रकार यज्ञमें प्रवृत्ति हुई है।" यह कहनेके बाद उन्होंने कश्यपको सम्बोधित करके कहा-हे कश्यप ! तुम भी अपने पुत्रोंके साथ पृथिवीतलपर जाकर यज्ञ करोगे ॥ ४ ॥ ५ ॥ तुम्हारे देव-दैत्यादि सभी पुत्र सात्त्विक, राजसिक एवं तामसिक प्रकृतिके अनुसार पूर्ण दक्षिणायुक्त यज्ञ सम्पन्न करेंगे ॥ ६ ॥ तदनन्तर पितामह ब्रह्माके कथनानुसार वे देवता तथा दैत्य 'पहले मैं यज्ञ करूँगा—पहले मैं यज्ञ करूँगा' ऐसा कहकर परस्पर स्पर्धा करने लगे। तदनन्तर उन्होंने परस्पर विजयकी अभिलाषा करके बाहुयुद्ध आरम्भ कर दिया ॥ ७ ॥ ८ ॥ यद्यपि पवित्रकलेवर, तपोधन तथा वेद-वेदान्तपारदर्शी ब्राह्मणगणोंने उन्हें बहुत रोका, किन्तु उभयपक्षवालोंने उनकी बात न मानकर गोशालेके बैलोंकी तरह युद्ध करने लगे। विजयाभिलाषावश परस्पर प्राणपणसे युद्ध करते-करते उनमेंसे बहुतेरे देव-दानव मरकर धराशायी हो गये।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तदनन्तर कुछ देव-दानव घोरतर गर्जन करके पंखधारी पक्षियोंके समान अपनी विशाल भुजायें फैलाकर परस्पर एक दूसरेका मार्ग अवरुद्ध करने लगे । जिस तरह नौका आरोहियोंके भारसे जलमें बैठने लगती है, उसी प्रकार पृथिवी भी उन देव-दानवोंके भारसे डगमगाने लगी । गर्जन करते हुए बैलोंके समान पर्वतगण भीषण गर्जन करते हुए फट-फटकर छितराने लगे ॥९–१३॥ प्रबल पवनवेगसे हिलकोरे खाती हुई बड़ी-बड़ी नदियाँ उमड़ पड़ीं । तदनन्तर विष्णु भगवान तथा मधु दैत्यमें युगान्तकारी एवं अतीव भयंकर युद्ध होने लगा । तत्र मेघ जैसे अग्निके अतिशय उग्र तापको शान्त कर देता है, उसी प्रकार उपकारी नारायणने अपने अपकारी मधु दैत्यका समग्र बल तथा पराक्रम समाप्त कर दिया ॥ १४–१६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चविंशतितमोऽध्यायः ॥ २५ ॥

(मधु दैत्यके वधसे देवताओंकी प्रसन्नता) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस महाबली तथा परम पराक्रमी दितितनय मधुने बुद्धिविभ्रमवश प्रह्लादके कथनानुसार देवराज

निषीदति महाजले ॥ पर्वताश्च विशीर्यन्ते नर्दमाना गजा इव ॥१३॥ चुक्षुभुश्च महानद्यस्ताडिता मातरिश्वना ॥ ततः समभवद्युद्धं मधोर्विष्णोश्च भारत ॥ १४ ॥ युगान्तकरणं घोरं सर्वप्राणिभयंकरम् ॥ प्रममाथ बलं विष्णुः समग्रं बलपौरुषम् ॥१५॥ वह्नेरिव बलं दीप्तं शमयत्यम्बुना यथा ॥ तथा प्रशमितं तेन भगवत्युपकारिणा ॥ १६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पञ्चविंशतितमोऽध्यायः ॥ २५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ बलवान्स तु दैतेयो मधुर्भीमपराक्रमः ॥ बबन्ध पाशैर्निशितैर्महेन्द्रं पर्वतान्तरे ॥ १ ॥ तं वै प्रह्लादवचनाल्लक्षणज्ञश्च भारत ॥ ऐश्वर्यमैन्द्रमाकाङ्क्षन्भविष्यं बुद्धिसंक्षयात् ॥ २ ॥ बद्ध्वेन्द्रं सहसा मध्ये पाशैर्मर्मविवर्जितैः ॥ आयसैर्बहुभिश्चित्रैर्बलवद्भिर्विदारणे ॥ ३ ॥ विष्णुमेवाग्रणी रुद्रमाह्वयद्युद्धकोविदः ॥ मृधे गणानां सर्वेषां कालस्य वशमागतः ॥ ४ ॥ द्वैधीभूताः काश्यपेया मधोर्वशमुपागताः ॥ युद्धार्थमभ्यधावन्त प्रगृह्य विपुला गदाः ॥ ५ ॥ गन्धर्वाः किन्नराश्चैव वाद्ये गीते च कोविदाः ॥ प्रनृत्यन्ति प्रगायन्ति प्रहसन्ति च सर्वशः ॥ ६ ॥ तन्त्रीभिः सुप्रयुक्ताभिर्मधुराभिः स्वभावतः ॥ मनो मधोर्विधुन्वन्ति युध्यमानस्य रागिणः ॥ ७ ॥ मधोर्बलार्थं मधुनो नियोगात्पद्मयोनिनः ॥ एतान्विकारान्कुर्वन्ति गन्धर्वाः सत्यवादिनः ॥ ८ ॥ तत्र शक्तो हि गान्धर्वे तस्मिञ्छन्दे मधुर्मनः ॥ दानवाश्चासुराश्चैव प्रत्यक्षं यान्ति प्राणदन् ॥ ९ ॥ मधोश्च

इन्द्रका पद प्राप्त करनेकी अभिलाषासे मर्मभेदी लौहनिर्मित दुर्भेद्य पाशास्त्र द्वारा इन्द्रदेवको चित्र-विचित्र चट्टानोंवाले पर्वतोंके मध्य कैद कर दिया ॥१–३॥ उन्हें बन्धनमें डालकर कालवशवर्ती होनेसे मधुने सर्वप्रधान देवता विष्णुभगवानको ललकारा । उसी समय कश्यपपुत्रगण परस्पर दो दलोंमें विभक्त होकर कुछ दैत्योंके पक्षमें और कुछ देवपक्षमें जा मिले । तदनन्तर असुरपक्षीय दैत्य भीषण गदायें ले-लेकर युद्धके लिए दौड़ पड़े ॥ ४ ॥ ५ ॥ उधर गीत-वाद्य-निपुण गन्धर्व और किन्नरगण प्रसन्नतासे पुलकित होते हुए गाने-बजाने और नाचने लगे ॥ ६ ॥ वैसे तो वीणाकी झनकार स्वभावतः मधुर होती है, उसमें भी जब सुन्दर रूपका सम्बन्ध होकर वह बजी तो दैत्यराज मधु तथा समरभूमिके दानवोंका मन मुग्ध हो उठा ॥ ७ ॥ कमलयोनि ब्रह्माके आदेशानुसार सत्यवादी गन्धर्वगण इस प्रकार दैत्योंके मनमें विकार उत्पन्न करने लगे ॥ ८ ॥ इधर दैत्यवर मधु भयानकरूपसे गर्जन करने लगा । किन्तु कुछ हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्षणोंमें उसका चित्त गन्धर्वोंके संगीतकी ओर आकृष्ट हो गया। अन्यान्य दैत्यों और दानवोंका हृदय भी गान्धर्व संगीतकी स्वरलहरीमें किलोलें करने लगा ॥ ९ ॥ उधर भगवान विष्णु दैत्यवर मधुके मनमें विकार उत्पन्न करके जैसे अग्नि काष्ठमें प्रविष्ट हो जाय, उसी प्रकार गुप्तरूपसे मन्दर पर्वतमें प्रविष्ट हो गये ॥१०॥ उसी समय दीप्ततेजा मुनिगण कुछ उद्विग्न जैसे होकर लोकपितामह ब्रह्माजीके साथ अन्तर्धान हो गये ॥११॥ उसी समय क्रोधसे आँखें लाल करके मधुने भगवानके शंखदेश (कनपटी) में बड़ी जोरसे एक थप्पड़ मारा। किन्तु भगवान विष्णु उस प्रहारसे एक पग भी पीछे नहीं हटे ॥१२॥ बदलेमें उन्होंने दैत्यवर मधुकी छातीपर ऐसा मुक्का मारा कि वह मुखसे रुधिर वमन करता हुआ घुटनोंके बल पृथिवीपर गिर गया ॥१३॥ बाहुयुद्धके नियमोंका पालन करते हुए अनन्त पराक्रमी विष्णुभगवानने इस प्रकार गिर जानेके बाद मधुपर प्रहार नहीं किया ॥ १४ ॥ तदनन्तर दैत्यराज मधु उदित इन्द्रधनुषके समान भूतलसे उठकर रोष-अरुण नेत्रोंसे इस प्रकार कठोर कटाक्ष विक्षेप करता हुआ भगवानकी ओर निहारने लगा कि मानो वह उन्हें भस्म कर देगा ॥१५॥ तदनन्तर परस्पर दोनों रोषपूर्वक

मन आक्षिप्य पश्यन् योगेन चक्षुषा ॥ मन्दरं प्रयते विष्णुर्गूढोऽग्निरिव दारुषु ॥ १० ॥ ऋषयो दीप्तमनसं किंचिद्व्यथितमानसाः ॥ पितामहं पुरस्कृत्य क्षणेनान्तरधीयत ॥ ११ ॥ विष्णुं सोऽभ्यहनत्क्रुद्धो मधुर्मधुनिभेक्षणः ॥ भुजेन शङ्खदेशान्ते न चकम्पे पदात्पदम् ॥ १२ ॥ विष्णुश्चाभ्यहनद्दैत्यं कराग्रेण स्तनान्तरे ॥ स पपात महीं तूर्णं जानुभ्यां रुधिरं वमन् ॥ १३ ॥ न चैनं पतितं हन्ति विष्णुर्युद्धविशारदः ॥ बाहुयुद्धे हि समयं मत्वाऽचिन्त्यपराक्रमः ॥ १४ ॥ इन्द्रध्वज इवोत्तिष्ठज्जानुभ्यां स महीतलात् ॥ मधू रोषपरीतात्मा निर्दहन्निह चक्षुषा ॥ १५ ॥ परुषाभिस्ततो वाग्भिरन्योन्यमभिगर्जतुः ॥ समीयतुर्बाहुयुद्धे परस्परवधैषिणौ ॥ १६ ॥ उभौ तौ बाहुबलिनावुभौ युद्धविशारदौ ॥ उभौ च तपसा शान्तावुभौ सत्यपराक्रमौ ॥ १७ ॥ दृढप्रहारिणौ वीरावन्योन्यं विचकर्षतुः ॥ शैलेन्द्राविव युद्ध्यन्तौ पक्षैः पाषाणसन्निभैः ॥ १८ ॥ विकर्षन्तौ वमन्तौ च अन्योन्यं वसुधातले ॥ गजाविव विषाणाग्रैर्नखाग्रैश्च विचेरतुः ॥ १९ ॥ ततो व्रणमुखैश्चैव सुस्राव रुधिरं बहु ॥ ग्रीष्मान्ते धातुसंसृष्टं शैलेभ्य इव काञ्चनम् ॥ २० ॥ संसिक्तौ रुधिरौघैश्च स्रवद्भिः समरञ्जितौ ॥ अथोद्यतैः पदाग्रैश्च तौ व्यदारयतां महीम् ॥ २१ ॥ अभिहत्य तु तौ वीरौ परस्परमनेकधा ॥ पतङ्गाविव युध्येतां पक्षाभ्यां मांसगृद्धिनौ ॥ २२ ॥ शुश्रुवुश्चान्तरिक्षेऽथ सर्वभूतानि पुष्करे ॥ सिद्धानां वदनोन्मुक्ताः परया वर्णसम्पदा ॥ २३ ॥

अतिकठोर वाक्योंका प्रयोग करते-करते विजयप्राप्तिकी कामनासे पुनः बाहुयुद्धके लिए अग्रसर हुए ॥१६॥ दोनों ही बाहुबलमें समान, दोनों रणनिपुण, दोनों तपःश्रान्त और दोनों सत्य-पराक्रम थे। प्रहारमें कोई अपनी ओरसे किसी प्रकारकी त्रुटि नहीं करता था। परस्पर एक दूसरेको खींचते-ढकेलते हुए वे पंख फैलाये दो शैलेन्द्रोंके समान घोर युद्ध करने लगे ॥१७॥१८॥ दोनों एकदम उन्मत्त होकर जैसे दो मस्त गजराज दाँतोंसे एक दूसरेको विदीर्ण कर देनेके लिए पैतरे बदलते हों, वैसे ही वे रणभूमिमें विचरने लगे ॥१९॥ युद्धमें आहत दोनों महावीरोंके घावसे इस प्रकार रुधिरधारा प्रवाहित हो रही थी, मानो वर्षाऋतुमें किसी महान् पर्वतसे अन्यान्य धातुमिश्रित सुवर्णका झरना बह रहा हो ॥२०॥ दोनोंका शरीर रक्ताक्त था और दोनों ही अपने पदाघातसे पृथिवीको विदीर्ण कर देनेकी चेष्टा कर रहे थे ॥ २१ ॥ वे दोनों ही वीर परस्पर तरह-तरहसे इस प्रकार आघात-प्रत्याघात कर रहे थे, जैसे मांसाभिलाषी दो पक्षी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घोरतर संग्राम करते हों ॥ २२ ॥ उसी समय आकाशमण्डलसे सिद्धगण सत्यपराक्रम भगवान विष्णुके अन्वर्थक स्तोत्रोंका पाठ करते हुए कहने लगे—हे नारायण ! इस धातुविनिर्मित शरीरमें निर्लिप्तभावसे जो चेतन बनकर विराजमान रहता है, वह चेतन ही चिन्मय सनातन ब्रह्म और देहेन्द्रिय संयुक्त जीवके नामसे प्रसिद्ध होता है ॥२३॥२४॥ यह पाञ्चभौतिक उपादान प्रलयकालमें सूक्ष्म रूप धारण करके नारायणमें विलीन हो जाता है और समय आनेपर वे ही सूक्ष्मरूपधारी उपादान विभिन्न रूपोंमें जीवोंको उत्पन्न करते हुए अपने मायाजालमें फँसाकर मानस शरीर धारण करके निर्लिप्त भावसे लोकोंमें विचरण करते रहते हैं ॥ २५–२७ ॥ वे योगात्मा भगवान दुष्टोंका निग्रह और शिष्टजनोंका पालन करनेके लिए विभिन्न रूप धारण करके धरातलपर अवतीर्ण होते हैं । वे ही भूतधात्री पृथिवी, शेषाख्य अनन्तदेव, स्वर्गलोकके पालक और वे ही पञ्चमहाभूत हैं ॥ २८ ॥ फलतः वे ही धार्य और वे ही धारक हैं । वे ही वेदरूपसे ब्राह्मणोंको, युद्धरूपसे क्षत्रियोंको, दानरूपसे वैश्यों और सेवारूपसे शूद्रोंको पालते हैं ॥२९॥ वे दुग्धरूपसे गौ, यज्ञीय प्रोक्षणरूपसे अश्व, ऊष्मारूपसे पितर, हविरूपसे देवता तथा दर्श, पूर्ण-

स्तुतयो विष्णुसंयुक्ताः सत्याः सत्यपराक्रमे ॥ शरीरं धातुसंयुक्तं संयुक्तं चेतनेन च ॥ २४ ॥ तद्ब्रह्म इन्द्रियैर्युक्तं तेजोभूतं सनातनम् ॥ भुत्रं तिष्ठन्ति भूतास्ते सूक्ष्मे प्रलयतां गते ॥ २५ ॥ पुनश्चोद्भवते सूक्ष्मं बहुरूपमनेकधा ॥ प्रबोध्य भावं भूतानां त्रिषु लोकेषु कामदः ॥ २६ ॥ सुरूपो बहुरूपांस्ताँल्लोकान्संचरते वशी ॥ मानसीं तनुमास्थाय बहुभिः कारणान्तरैः ॥ २७ ॥ योगात्मा धारयन्नुर्वीं नागात्मानं दिवन्धरः ॥ ब्रह्मभूतं परं चैव सूक्ष्मेणात्मानमीश्वरः ॥२८॥ ब्राह्मेण विप्रान्वसति युद्धेनैव च क्षत्रियान् ॥ प्रदानकर्मणा वैश्याञ्छूद्रान्परिचरेण च ॥२९॥ गावः क्षीरप्रदानेन अश्वान् यज्ञेषु प्रोक्षणैः ॥ पितरश्चोष्मणा वेदहविर्भागेन देवताः ॥३०॥ चतुर्भिर्व्यतिरिक्ताङ्गैस्त्रिभिरन्यैश्च धातुभिः ॥ सप्तभिः पितृभिर्नित्यैस्त्रींल्लोकान्परिरक्षति ॥ ३१ ॥ चन्द्रसूर्यात्मकं नित्यं तद्रूपनिहतात्मकम् ॥ प्रकाशं चाप्रकाशं च निगूढं स्वेन तेजसा ॥ ३२ ॥ त्रयस्तु पितरो नित्यं वर्द्धयन्ति दिवाकरम् ॥ चतुर्भिः पितृभिश्चैवं चन्द्रो वर्धति मण्डले ॥ ३३ ॥ त्रयः पितृगणा नित्यं पिण्डान्पश्चाद्ददन्ति ते ॥ चत्वारोऽन्ये पितृगणाः सिद्धाः पञ्चक आददे ॥ ३४ ॥ त्वमेव पञ्च तान्धर्मांस्त्वमेवापञ्च तान्विभो ॥ सनातनमयो दिव्यः शाश्वतो ब्रह्मसंभवः ॥ ३५ ॥ तस्मात्त्वत्तेज आदत्ते

मास पिण्ड और पितृयज्ञ ये चार एवं मन, वाक्य तथा प्राण इन तीन इस प्रकार सप्तविध अन्नरूपसे पितृगणों और समस्त त्रिलोकीका पालन करते हैं ॥ ३० ॥ ३१ ॥ हे ईश ! आप ही नारायण और आप ही चन्द्रसूर्यात्मक सप्तविध मूर्तिस्वरूप हैं । आप कभी तेजोमूर्ति धारण करके समग्र विश्वको प्रकाशित करते हैं और कभी तमोमूर्ति होकर सबको अन्धकारपूर्ण कर देते हैं ॥ ३२ ॥ आप ही आत्माको संकटमें डालते हैं और आपका तेज समग्र विश्वमें व्याप्त है । आपके मन, वाक्य और प्राण ये तीनों पितृलोकों तथा चन्द्रमण्डली वृद्धिकी करते हैं ॥३३॥ अर्थात् मन आदि पितृगण नियमानुसार फलोंका भोग करनेके बाद स्थूल-सूक्ष्म कारणशरीरका संहार कर देते हैं और दर्श आदि अन्य पितर आकाशादि पञ्चभूतात्मक शरीरादि रूपोंमें परिणत हो जाते हैं और अन्तमें स्वयं ब्रह्माजी ही उनको आत्मसात् करते हैं ॥ ३४ ॥ हे भगवन् ! आप ही आकाशादि पञ्चभूत एवं आप ही अहंकारादि प्रकृतन्मात्रास्वरुप हैं । आप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ही सनातन, दिव्य और शाश्वत हैं। आपसे ही ब्रह्माजीकी उत्पत्ति हुई है ॥ ३५ ॥ आप ही सबके मूल कारण हैं। अतएव अग्नि-वायु प्रभृति आपसे ही तेज प्राप्त करते हैं। वे आपसे तेजका आदान करते हैं। इसी कारण आपका नाम आदित्य भी है ॥ ३६ ॥ प्रलयकाल उपस्थित होनेपर सिद्धस्वरूप होकर आप अपने किरणसमूहसे सब कुछ भस्म करके आत्मसात् कर लेते हैं ॥ ३७ ॥ आप सूर्य, चन्द्र तथा वसुसे जायमान ऋषिगणोंके साथ मिलकर अमावस्या तथा पूर्णमासीको गूढ़भावसे मर्त्यलोकमें विचरण करते हैं ॥३८॥ आपका कोई भी कार्य कभी निष्फल नहीं होता। जो लोग यज्ञ करते हैं तो आप उनका पुष्टिवर्द्धन करते हैं। जिससे कालविपर्ययवश स्वर्गादि साधनस्वरूप कर्मोंमें किसी प्रकार उलटफेर न हो। इसलिए आप प्रत्येक पक्षमें पुनः उत्पत्तिके निमित्त चन्द्ररूपसे औषधि, वनस्पति तथा पृथिवीपर चले आते हैं ॥ ३९ ॥ ४० ॥ हे भूतेश! इस पृथिवीपर जो आनेवाले हैं और जो गत हो चुके हैं, उनका पोषण करनेके लिए जो अर्थराशि विद्यमान रहती है, आप वही अर्थस्वरूप हैं ॥४१॥ आप शाश्वत धर्म, देवयज्ञ, आत्मवाक्य, मन्त्रवाक्य, सुनिर्मल चन्द्रलोक अर्थात् पितृयान एवं

अग्निर्वायुश्च सर्वशः ॥ अतस्त्वं कर्मणा तेन आदित्यः समपद्यत ॥ ३६ ॥ यदश्नासि जगत्सर्वं रश्मिभिः प्रदहन्निव ॥ युगान्तकाले संप्राप्ते परां सिद्धि-
मुपागतः ॥ ३७ ॥ पक्षसंधावमावास्यां लोकं चरसि मानुषम् ॥ ऋषिभिः सह गूढात्मा सूर्येन्दुवसुसंभवैः ॥ ३८ ॥ सफलं कर्म कुर्वाणं यजतां
पुष्टिवर्धनम् ॥ हेतूनामविकाराय मा भूत्कर्मविपर्ययः ॥ ३९ ॥ वनस्पत्यौषधीश्चैव युगपत्प्रतिपद्यते ॥ बालभावाय वसुधां पक्षे पक्षे जनिस्तव ॥ ४० ॥
भूतानां भुवि भूतेश भाव्यर्थं वसुधातले ॥ वसु यद्भुवि किंचिच्च सर्वं तत्त्वमयं विभो ॥ ४१ ॥ त्वमेव त्रिविधं धर्मं शाश्वतं वसुधातले ॥ देवयज्ञं
मन्त्रवाक्यमात्मयज्ञं समानुषम् ॥ ४२ ॥ द्विविधः स्वर्गमार्गश्च सूर्यश्चन्द्रश्च निर्मलः ॥ चन्द्रमाः पितृयानश्च देवयानश्च भास्करः ॥ ४३ ॥ त्वमेव
वसुधायुक्तो विश्वं चरसि मायया ॥ एकीकृत्य गणान्सर्वान्संक्षिप्यामुत्र संभवः ॥ ४४ ॥ एकस्त्वमसि संभूतः पुराणपुरुषो विराट् ॥ अक्षयश्चाप्र-
मेयश्च कामकारकरो वशी ॥ ४५ ॥ मूर्तस्तेजसि संभूतो वायुः पर्येति खेचरः ॥ सप्तमी रूपसंस्थानैर्नित्यमावृत्य तिष्ठति ॥४६॥ साधने चापि निर्माणे
संहारे प्रलये तथा ॥ धाता धारणकाले च दिशश्चक्षुषि धारिणि ॥ ४७ ॥ सेव्यमानो मुनिगणैर्नित्यं विगतकिल्बिषैः ॥ कर्मभिः सत्यमापन्नैः

आप ही सूर्यलोक अर्थात् देवयान हैं ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ यद्यपि आप इस लोकमें जायमान नहीं होते, फिर भी अपने मायाबलसे समस्त इन्द्रियोंको एकत्र करके असंख्य जीवरूपसे इहलोकमें विचरण करते हैं ॥ ४४ ॥ एकमात्र आप ही विराट् पुराण पुरुष हैं। आपका कभी विनाश नहीं होता और आप कभी वृद्ध नहीं होते। समस्त विश्वकी सृष्टि आपकी लीलामात्र है ॥४५॥ आप तेजोरूपसे उत्पन्न हुए हैं। अतएव लोकमें लोग मूर्तिमान् सूर्यरूपमें आपका साक्षात्कार करते हैं। आप वायुरूपसे आकाशमें नित्य विचरते रहते हैं। आप महत्तत्त्व, अहङ्कारतत्त्व तथा पञ्चतन्मात्रा, इन सात रूपोंके द्वारा समस्त विश्वमें व्याप्त होकर विद्यमान रहते हैं ॥ ४६ ॥ शम-दमादि कार्यसाधन, निर्वाणपद, दैन्दिन होनेवाले प्रलय, महाप्रलय, धारण, पोषण, वर्णाश्रममर्यादा और इन्द्रियपरिचालन आदि सभी विषयों तथा सभी समयोंमें एकमात्र आप ही विराजमान रहते हैं ॥ ४७ ॥ जिन महानुभावोंके शरीरमें पापका सम्पर्क नहीं हुआ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रहता, शत्रु-मित्र सर्वत्र जिनका समान अनुराग रहता है और सत्य ही जिनका एकमात्र अवलम्ब होता है, ऐसे जितेन्द्रिय मुनिगण सत्कार्यों द्वारा आपकी सेवा करते हैं ॥४८॥ हे महाराज! इस प्रकार देवताओं, सिद्धों और मुनियोंके स्तुति करनेपर भगवान्‌ने अपने विशाल हयग्रीव स्वरूपका स्मरण किया ॥ ४९ ॥ उनके स्मरण करते ही उनके वेदमय शरीर तथा सर्वदेवमय लावण्यका आविर्भाव हो गया। महादेवजी उस शरीरके मस्तकमें और ब्रह्माजी उसके हृदयमें विराजमान हो गये ॥५०॥ सूर्यरश्मियाँ उसकी रोमावली तथा चन्द्र-सूर्य दोनों नेत्रोंके रूपमें परिणत हो गये। वसुगण जंघापर एवं अन्यान्य देवता उसके सन्धिस्थानमें विराजमान हो गये ॥ ५१ ॥ अग्निदेव उसकी जिह्वा एवं वेदवाणी उसकी वाग्देवता हुई। मरुद्गण तथा वरुणदेव उसके जानुदेशमें अवस्थित हुए ॥ ५२ ॥ हे महाराज! देवताओंकी सहायताके लिए भगवानने इस प्रकार भयंकर रूप धारण किया और रोषवश अरुण नेत्र करके असुरवर मधुको मसल डाला ॥ ५३ ॥ मधु दैत्यके मरकर गिर जानेपर पृथिवी उसके रक्त-मेद-मांससे परिपूर्ण होकर गलितस्तनी तथा शुक्लाम्बरधारिणी वनिताके सदृश शोभित हुई ॥ ५४ ॥

समरागैर्जितेन्द्रियैः ॥४८॥ स्तूयमानैश्च विबुधैः सिद्धैर्मुनिवरैस्तथा ॥ सस्मार विपुलं देहं हरिर्हयशिरो महान् ॥४९॥ कृत्वा वेदमयं रूपं सर्वदेवमयं वपुः ॥ शिरोमध्ये महादेवो ब्रह्मा नु हृदये स्थितः ॥ ५० ॥ आदित्यरश्मयो बालाश्चक्षुषी शशिभास्करौ ॥ जङ्घे तु वसवः साध्याः सर्वसंधिषु देवताः ॥ ५१ ॥ जिह्वा वैश्वानरो देवः सत्या देवी सरस्वती ॥ मरुतो वरुणश्चैव जानुदेशे व्यवस्थिताः ॥ ५२ ॥ एवं कृत्वा तथा रूपं सुराणा-मद्भुतं महत् ॥ असुरं पीडयामास क्रोधाद्रक्तान्तलोचनः ॥ ५३ ॥ मधोर्मेदोम्बुपूर्णा च पृथिवी समदृश्यत ॥ प्रमदेव घना चैव शुक्लांशुकनिवासिनी ॥ ५४ ॥ मेदिनीत्येव शब्दश्च लब्धः पृथ्व्या नरोत्तम ॥ नामासुरसहस्रेण धरण्यां संप्रतिष्ठितम् ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि षड्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ मधोर्निपतनं दृष्ट्वा सर्वभूतानि पुष्करे ॥ प्रविष्टानि प्रगायन्ति प्रनृत्यन्ति च सर्वशः ॥ १ ॥ सुपार्श्वो गिरिमुख्यस्तु काञ्चनैः शिखरोत्तमैः ॥ बहुधातुविचित्रैश्च खं लिखन्निव चाबभौ ॥ २ ॥ गिरयश्चाभिशोभन्ते धातुभिः समरञ्जिताः ॥ प्रांशुभिः शिखराग्रैश्च सविद्युत इवाम्बुदाः ॥ ३ ॥ पक्षवातोद्धुतो रेणुश्चूर्णैः साञ्जनवालुकैः ॥ छादयन्पर्वताग्राणि महामेघ इवाबभौ ॥ ४ ॥ मेघसंश्लिष्टशिखराः पक्षविक्षिप्तपा-

तभीसे सहस्रों असुरोंने पृथिवीका 'मेदिनी' यह नामकरण कर दिया ॥ ५५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां षड्विंशतितमोऽध्यायः ॥ २६ ॥

(मधु दैत्यके वधसे देवताओंकी प्रसन्नता) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! पुष्कर तीर्थमें मधु दैत्यका विनाश देखकर वहाँके जीवमात्रको अपार हर्ष हुआ। मारे प्रसन्नताके सब लोग चारों ओर नाचने-गाने लगे ॥ १ ॥ सबसे उन्नत पर्वतपर सुपार्श्वके विविधधातुरजित कंचनमय शिखर इतने उच्च हो गये कि उन्हें देखकर ऐसा लगा कि मानो वह आकाश-मण्डलका भेदन करके उठ खड़ा हुआ हो ॥ २ ॥ उसके अतिरिक्त अन्यान्य पर्वत भी सर्वथा धतुरञ्जित तथा शिखरोंके अति उन्नत हो जानेके कारण विद्युद्विभासित मेघमालाके समान शोभित होने लगे ॥ ३ ॥ उन पर्वतोंके पक्षपवनसे अञ्जनवर्ण तथा बालुकायुक्त धूलने उड़कर पर्वतोंको ढाँक दिया। वह धूलराशि भी मेघके ही समान दिखायी दे रही थी ॥ ४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इधर शिखराग्रभागसे मेघपथका संस्पर्श करने एवं पक्षपवन द्वारा वृक्षोंके उखड़ जानेके कारण ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो वे पर्वतगण आकाशमें ही टिके हुए हैं ॥५॥ स्फटिकमणि, चन्द्रकान्त तथा सूर्यकान्तमणि प्रभृतिसे विभासित, विविधधातुरजित, पर्वतसमुदायके पक्षपवन एवं उसकी उँचाई देखकर पक्षिवृन्द भयभीत हो उठे ॥६॥७॥ श्वेतधातुविराजित गिरिवर हिमालय भी सूर्यकिरणप्रकाशित स्वर्णशृङ्ग, पक्षमध्यसे निःसृत मणिप्रभा एवं ताम्रवर्ण पुष्पशोभित उसके सभी शिखर अत्यधिक सुन्दर हो उठे ॥ ८ ॥ ९ ॥ इधर उन्नत शिखरोंयुक्त मन्दर पर्वत भी स्फटिक एवं हीरक मणिकी सहायतासे स्वर्गतुल्य देदीप्यमान हो गया ॥ १० ॥ तोरणसदृश उन्नत वृक्षों तथा धातुओंसे अलंकृत सहस्र शृंगवान् कैलासकी भी शोभा असाधारण रूपसे बढ़ गयी ॥ ११ ॥ उसपर भी गन्धर्वोंके वाद्य, किन्नरोंके गीत एवं दिव्याङ्गनाओंके विहारसे वह महान् पर्वत क्रीडापर्वत सदृश लग रहा था ॥ १२ ॥ फलतः नृत्य,

दपाः ॥ काञ्चनोद्भेदबहुलाः खे तिष्ठन्तीव पर्वताः ॥ ५ ॥ पक्षवन्तः सशिखरा हेमधातुभिरञ्जिताः ॥ पवनेन समुद्धूतास्त्रासयन्ति विहङ्गमान् ॥ ६ ॥
काञ्चनाः पर्वताः सर्वे स्फाटिकैर्मणिभिश्चिताः ॥ सूर्यकान्तैश्च बहुभिश्चन्द्रकान्तैश्च निर्मलाः ॥ ७ ॥ हिमवांश्च महाशैलः श्वेतैर्धातुभिराचितः ॥
काञ्चनैः शिखराग्रैश्च सूर्यपादप्रकाशितैः ॥ ८ ॥ मणिभिश्च प्रकाशद्भिः पक्षान्तरविनिःसृतैः ॥ ताम्रपुष्पैश्च शिखरैर्दीप्यमानैः स्वतेजसा ॥ ९ ॥
मन्दरश्चोग्रशिखरः स्फाटिकैर्मणिभिश्चितः ॥ वज्रगर्भो निरालम्बैः स्वर्गोपम इवाबभौ ॥१०॥ सहस्रशृङ्गः कैलासः शिलाधातुविभूषितः ॥ तोरणैश्चैव
निविडैः प्रांशुभिश्चैव पादपैः ॥ ११ ॥ प्रवादयद्भिर्गन्धर्वैः किन्नरैश्च प्रगायिभिः ॥ देवकन्याङ्गरागैश्च प्रक्रीडाद्रिरिवाबभौ ॥ १२ ॥ मधुरैर्वाद्यगी-
तैश्च नृत्यैश्चाभिनयोद्धतैः ॥ शृङ्गारैः संप्रहारैश्च कैलासो मदनायते ॥ १३ ॥ आदित्याभासिभिः शृङ्गैर्भिन्नाञ्जनचयोपमैः ॥ विन्ध्यो नीलाम्बुदश्यामो
विभिन्न इव तोयदः ॥ १४ ॥ धात्र्यर्थं सर्वभूतानां मेरुपृष्ठे महाबले ॥ निर्वेमुर्विमलं तोयं मेघजालैरिवोत्तमैः ॥ १५ ॥ शिलाभिर्बहुचित्राभिर्धातुभि-
र्बहुरूपिभिः ॥ प्रस्रवद्भिर्गुहाद्वारैः सलिलं स्फाटिकप्रभम् ॥ १६ ॥ ग्रीष्मान्ते वायुसंगूढा घना इव सविद्युतः ॥ चित्रैः पुष्पैस्तरुगणाः शोभन्त इव
भूषिताः ॥ १७ ॥ नागाः कनकसंभूतैर्विचित्रैरिव भूषिताः ॥ विहंगमाभिलीनाश्च लतास्तरुसमाश्रिताः ॥ १८ ॥ विलम्बन्त्यः सपुष्पाश्च नृत्यन्ते
वायुघट्टिताः ॥ पवनेन समुद्धूता महता माधवेऽहनि ॥१९ ॥ मुमुचुः पुष्पसंघातं तोयं वेलेव वर्षति ॥ बलवद्भिश्च विपुलैः शाखास्कन्धावरोहिभिः

गीत, वाद्य, अभिनय तथा शृंगारादि कार्यसे कैलास पर्वत नितान्त मदनोद्दीपक हो उठा ॥ १३ ॥ नीलजलधरसम श्याम, विन्ध्याचलके अञ्जनस्तूप सदृश तथा सूर्यकी किरणोंसे विभासित शृंगसमूह देखकर ऐसा लगता था कि मानो मेघ उमड़ आया हो ॥ १४ ॥ भगवान नारायण जिस तरह मेघ द्वारा पृथिवीपर जलकी वर्षा करते हैं, उसी प्रकार अपने जीवोंकी रक्षाके लिए सुमेरुपर्वत अपने प्रतापसे जलधारा बहाने लगा ॥ १५ ॥ वहाँके वृक्ष विचित्र फूलोंके गुच्छोंसे शोभित होनेके कारण ऐसे लग रहे थे कि जैसे विद्युद्विलसित वर्षाकालीन जलधर छाये हुए हों ॥१६॥ विचित्र पुष्पोंसे सुशोभित वृक्षोंके सहारे लसी हुई लताओंमें पक्षियोंके विलीन हो जानेसे ऐसा लगने लगा कि मानो सुनहले आभूषणोंसे आभूषित हाथियोंका झुण्ड शोभित हो रहा हो ॥१७॥१८॥ वसन्तकालीन कुसुमोंसे शोभायमान और लटकी हुई लतायें वायुके झोंकेसे पुष्पवर्षा कर रही थीं। इससे ऐसा ज्ञात होता था कि मानो किसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सरोवरके जलकी बूँदें उछल-उछलकर तटपर चारों ओर गिर रही हों । शाखापल्लवशोभित, महास्कन्ध और सारवान् वृक्ष मानो वसुन्धराको धारण किये हुए थे। मधुप्रिय मधुकर-मधुकरी तथा मधुपानमत्त विहङ्गम मधुर स्वरमें गान करते हुए कामदेवके आगमनसमयको निकटवर्ती बताकर घोषणा करने लगे ॥१९–२१॥ तभी मधुनिहन्ता विष्णु भगवानने एक मधुवाहिनी नदी प्रवाहित कर दी। उसके घाट बहुत ही सुन्दर थे। उसमें नित्य अगाध जल भरा हुआ था। उस नदीकी बालुका रक्तवर्ण थी। जल सुशीतल, अति निर्मल और पुष्पसमूहसे परिपूर्ण था ॥ २२ ॥-२३ ॥ ब्रह्ममन्त्रसेवी मुनियोंके आदेशानुसार वह नदी पुष्कर तीर्थमें जा मिली ॥ २४ ॥ वह धात्रीस्वरूपा नदी कपिला गौका रूप धारण करके विशाल ब्रह्मयज्ञके निमित्त सुमधुर दुग्ध प्रदान करने लगी ॥२५॥ वह यद्यपि सर्वश्रेष्ठ नदी थी, फिर भी केवल कूटस्थ तत्त्वका अनुसन्धान करनेके लिए पृथिवीपर आयी थी। यहाँ आकर भी उसने शुद्ध शाश्वत परमात्माका भजन ही किया ॥२६॥ वह सरस्वती नदीसे उत्पन्न हो तथा तमोनाशक ब्रह्मक्षेत्रके मरुतीर्थसे आगे बढ़कर पुष्कर तीर्थमें मिल जाती है ॥२७॥ वह सुन्दर रूपवाली और

॥ २० ॥ पादपैर्वर्णबहुलैर्ध्रियते च वसुन्धरा ॥ मधुप्रिया मधुकरा मधुमत्ता विहंगमाः ॥ घोषयन्तीव गायन्तः कामस्यागमसंभ्रमम् ॥ २१ ॥ विष्णुर्मधोर्निहन्ता च चकार मधुवाहिनीम् ॥ नदीं प्रस्रवनिर्भेदां सुतीर्थां बहुलोदकाम् ॥ २२ ॥ अङ्गारवर्णसिकतां मधुतीर्थां मनोरमाम् ॥ विमलैरम्बुभिः पूर्णां पुष्पसञ्चयवाहिनीम् ॥ २३ ॥ विवेश पुष्करं सा तु ब्रह्मणो वाक्यनोदिता ॥ ऋषिभिश्चानुचरिता ब्रह्मतन्त्रनिषेविभिः ॥ २४ ॥ धात्री कपिलरूपेण गौर्भूत्वा क्षरते पयः ॥ मधुरं वितते यज्ञे ब्रह्मणो वाक्यचोदिता ॥ २५ ॥ शिरश्च पृथिवीभूतं संधातुं प्राप्तवान्महीम् ॥ शुद्धं च भजते लोकं शाश्वतं परमाद्भुतम् ॥ २६ ॥ सरस्वत्याः समुद्भूतं ब्रह्मक्षेत्रे तमोनुदम् ॥ मरुतीर्थमतिक्रम्य पुष्करेषु विसर्पति ॥ २७ ॥ सुचारुरूपा धर्मज्ञा अजारूपेण छादयन् ॥ रूपं कनकवर्णाभं तपोयुक्तेन चेतसा ॥ २८ ॥ अजगन्धकृतोन्मुक्तः संभूतः पर्वतो महान् ॥ गुरुद्वारगुणप्राणः शाश्वतः सिद्धसेवितः ॥ २९ ॥ वेदिकाभिः सुचित्राभिः काञ्चनाभिर्विराजितः ॥ पुष्कराणि परीतानि त्वष्ट्रा विपुलदक्षिणः ॥ ३० ॥ महामेरोर्यथा रूपं पञ्चभिर्धातुभिर्वृतम् ॥ चेतना याऽभिसंपन्नो रूपेणाद्भुतदर्शनः ॥ ३१ ॥ करिष्याम्यहमप्येतन्मनसा धर्मचारिणम् ॥ रूपं बहुविधं लोके पार्थिवीं चेतनां तथा ॥३२॥ त्रींश्च लोकान्प्रपद्येयं पञ्चभिर्धातुलक्षणैः ॥ षष्ठेन च ससर्जेयं मनसा धर्मचारिणीम् ॥३३॥ सङ्गेषु भावमोहाभ्यां

धर्मज्ञा नदी अजा (अहङ्कारादि) रूपसे अपने तपोरूप तेजके द्वारा कनकवर्ण ब्रह्मको भी आच्छादित कर लेती है ॥ २८ ॥ सहसा अहङ्कारके गन्धसे शून्य एक महान् पर्वत उत्पन्न हो गया। वह गुरुद्वारके गुणोंसे सम्पन्न और शाश्वत था। उसपर अगणित सिद्ध सदा निवास करते थे ॥ २९ ॥ उस पर्वतपर जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीन क्रीडास्थलियों युक्त चित्र-विचित्र वेदिकायें विराजमान थीं। पूर्ण निपुण विश्वकर्माने उस पर्वतके चारों ओर पुष्करका विस्तार कर दिया ॥ ३० ॥ उसका स्वरूप महामेरु पर्वतके समान था। वह पञ्चधातुओंसे आवृत, चेतनासम्पन्न तथा अद्भुत आकृतिका था ॥ ३१ ॥ कालान्तरमें उस पर्वतरूपी परम पुरुषने सोचा कि मैं हो संसारमें अपने मनोबलसे विभिन्न प्रवृत्तिके लोगोंमें चेतना तथा धर्मका सञ्चार करूँ ॥३२॥ मैं अपनी पंचलक्षणात्मक पाँचों इन्द्रियोंकी सहायतासे सब कुछ जानता हूँ। छठें मनके द्वारा धर्मचारिणी आत्माके सदृश असङ्ग वृत्तियोंसे भी मैं भली भाँति परिचित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हूँ और उनको बता सकता हूँ ॥ ३३ ॥ सम्यक् ऐश्वर्यवान् जो पुरुष हैं और जो संकल्प-विकल्पके भ्रम तथा सिद्धिके भेदको समझते हैं, वे सब सङ्गोंसे पराङ्मुख वैराग्यसम्पन्न प्राणी ही इन्द्रिय, मन तथा प्राणोंको विषयकी ओर जानेसे रोकनेके अधिकारी होते हैं ॥ ३४ ॥ मुझ इच्छारूपधारी ईश्वरको कोई केवल मनकी सहायतासे नहीं जान सकता। क्योंकि जगत्का साधारण जीव बुद्धि तथा इन्द्रियोंके विविध बन्धनोंमें बँधा रहता और कितने ही नानार्थवादके फलरूपी झमेलोंमें नित्य उसका मन आसक्त रहता है ॥ ३५ ॥ जो राम-कृष्ण आदि विविध अवतारधारी विष्णुभगवानका चिन्तन करते हैं और कठोर तप द्वारा जिनके मनोमल जल गये रहते हैं, वे ही महापुरुष मेरे अव्यक्त स्वरूपका दर्शन पाते हैं ॥ ३६ ॥ जो धर्म-मार्गपर चलते हुए नित्य मेरा स्मरण-चिन्तन करते रहते हैं, ऐसे स्वर्गविजयी और सर्वथा शान्त सन्त ही मुझे देख पाते हैं ॥ ३७ ॥ इस प्रकारकी शुभेच्छासे सम्पन्न पुरुषोंको चाहिए कि मेरुपृष्ठपर विद्यमान महोन्नत पर्वत अर्थात् भ्रूमध्यमें विद्यमान समष्टि अहङ्कारमें स्थित हो और प्राणोंकी बाजी लगाकर विषयेन्द्रियोंके साथ घोर युद्ध करें। ऐसा करनेसे उनका मन

पश्यन्ति च समृद्धयः ॥ विमुक्ताः सर्वसङ्गेभ्यो धारयन्ति परिग्रहान् ॥ ३४ ॥ न च विन्देत मां कश्चिन्मनसा कामरूपिणम् ॥ पञ्चधातुनिबद्धश्च नानाभाषितचोदनाः ॥ ३५ ॥ ये च विष्णुमधीयन्ते बहुधा कामविग्रहैः ॥ ते मां पश्येयुरव्यक्तं तपसा दग्धकिल्बिषाः ॥ ३६ ॥ ये च मामभि-रोहेयुर्नरा धर्मपथस्थिताः ॥ तेऽपि स्वर्गजितः सन्तः पश्येयुर्मां गतक्लमाः ॥ ३७ ॥ यश्चैव पर्वतः प्रांशुर्मेरुपृष्ठे व्यवस्थितः ॥ एतमारुह्य युध्येयुः प्राणत्यागे सुनिर्मलाः ॥ ३८ ॥ अप्सरोभिः समागम्य विचरेयुर्मनोजवाः ॥ नन्दनं वनमारुह्य काम्यकं च महद्वनम् ॥ ३९ ॥ इमां विद्यां समा-स्थाय मद्भक्ताः पुष्करेष्विह ॥ शरीरं क्षपयिष्यन्ति व्रतैर्बहुविधैः कृतैः ॥ ४० ॥ सिद्धिं प्राप्य क्रमेयुस्ते कामैर्बहुविधैर्नराः ॥ इमं लोकममुं चैव संप-तेयुर्यथासुखम् ॥ ४१ ॥ गौरी सिद्धेति व्याख्याता त्रिषु लोकेषु विद्यया ॥ प्रभावं तपसा वृत्तं दर्शयन्ती समाहिता ॥ ४२ ॥ षण्णां ज्ञानाभिसंधी-नामाभिज्ञानात्ससंग्रहाः ॥ भवेयुस्ते निरारंभा धातुनिर्मुक्तबन्धनाः ॥ ४३ ॥ सहस्रगुणमप्यत्र दत्त्वा दानफलादिव ॥ अवमानेन विप्राणां मनः शुद्धेन कर्मणा ॥ ४४ ॥ सर्वत्रैवाप्रमेयेण अत्यन्तं फलमाप्नुयुः ॥ अमुष्मिंल्लोके धर्मज्ञाः सह सर्वकुलोद्भवैः ॥ ४५ ॥ येषामिह च सान्निध्यं यज्ञे ब्राह्म-

सर्वथा निर्मल हो जायगा ॥ ३८ ॥ परलोकमें ऐसे महात्मा मनके सदृश वेगसे नन्दन तथा काम्यक आदि देववनोंमें अप्सराओंके साथ इच्छानुसार विचरण करते हैं ॥३९॥ इस विद्याको प्राप्त करनेवाले मेरे भक्त बहुतेरे कठोर व्रतोंका पालन करके पुष्कर तीर्थमें अपना शरीर त्यागेंगे ॥ ४० ॥ इस प्रकार सिद्धिको प्राप्त करनेवाले प्राणी अपनी सभी कामनायें पूर्ण करके इहलोक तथा परलोक दोनों जगह परमानन्दपूर्ण जीवन यापन करते हैं ॥ ४१ ॥ कठिन तपके द्वारा उपर्युक्त रीतिसे प्रभाव सम्पादन करनेके बाद साधकको गौर सिद्धि प्राप्त होती है। इसके प्रतापसे वे इच्छानुसार विश्वको अपना प्रभाव प्रदर्शित कर सकते हैं ॥ ४२ ॥ ऐसे साधक योगी नित्य ज्ञानवृत्तिमें विद्यमान रहनेके कारण सब बन्धनोंसे मुक्त हो जाते हैं। यह स्थायी ज्ञान प्राप्त हो जानेपर फिर उन्हें कुछ करना शेष नहीं रह जाता ॥ ४३ ॥ जैसे कोई सांसारिक अपराधी अपराधसे हजारगुना अधिक दण्ड देकर राजबन्धनसे छुटकारा पाता है, वैसे ही शुद्ध अन्तःकरणसे ब्राह्मणोंका सम्मान करते हुए निष्काम कर्म करनेसे प्राणी बन्धनमुक्त होता है ॥ ४४ ॥ ऐसे धर्मात्मा पुरुष अपने उदार मतसे इसी लोकमें अत्यधिक दुःखके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिहारस्वरूप परमेश्वरका प्रेम प्राप्त करके पूर्वजों समेत कृतकृत्य होकर भवसागर पार कर लेते हैं ॥ ४५ ॥ जिन यजमानोंका यज्ञमें ब्राह्मणोंके साथ सम्पर्क स्थापित होता है, वे भी बारम्बार यज्ञीय जलसे अभिषिक्त होनेके कारण अनायास पूर्वोक्त फल प्राप्त कर लेते हैं ॥ ४६ ॥ दानयज्ञकी सम्पत्तिसे ब्रह्मविद्याकी सम्पत्ति श्रेष्ठ होती है। क्योंकि प्राणियोंपर कृपा करनेके लिए ही धर्मचारिणी गौरी सिद्धिकी रचना हुई है ॥४७॥ यह सिद्धि ही सर्वश्रेष्ठ परा विद्या है। जो प्राणी शुद्ध चित्तसे इसकी साधना करता है, उसका यह धर्माचरण कभी निष्फल नहीं होता ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां सप्तविंशतितमोऽध्यायः ॥ २७ ॥

(देवताओंकी तपस्याका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! सत्यसाधन, परम धार्मिक एवं कमललोचन नारायण मोक्षलाभार्थी होकर अपनी आत्माको आत्माके अधीन

णसङ्कुले ॥ ते भूयो यजमानाद्या अभिषिच्य पुनः पुनः॥ ४६ ॥ तथा तां मन्यसे गौरीं मनसा धर्मचारिणीम् ॥ अनुग्रहाय भूतानां तन्ममाग्रे तपोधने ॥ ४७ ॥ सत्य एष परोऽविद्ये भविता नात्र संशयः ॥ नाफलो विद्यते धर्मश्चरितो धर्मचारिणा ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि सप्तविंशतितमोऽध्यायः ॥ २७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ दिशं जिगमिषुर्दिव्यामुत्तरां सत्यसाधनः ॥ तथा स धातुनिचये पुण्ये पर्वतरोधसि ॥ १ ॥ विष्णुः परमधर्मात्मा एकपादेन तिष्ठति ॥ दशवर्षसहस्राणि पुष्करे पुष्करेक्षणः ॥ २ ॥ आत्मन्यात्मानमाधाय तपसा ब्रह्मसंभवः ॥ घटते कर्मणोग्रेण लोकमुत्थानकारणात् ॥३॥ भासुरो भस्मनाऽऽच्छाद्य गात्राणि स्वयमात्मनः ॥ अष्टौ वर्षसहस्राणि सहस्रं च तपोधनः ॥ ४ ॥ तेजसा तेन ज्योतींषि विभाव्य ब्राह्मणर्षभः ॥ तिष्ठते नभसो मध्ये योगात्मा भावयञ्जगत् ॥ ५ ॥ सोमो विषयमाक्षिप्य मनसा धारयन्मनः ॥ युक्तः परमधर्मात्मा ब्राह्मीं सिद्धिमुपागतः ॥ ६ ॥ संप्रदृश्यत सर्वत्र दिवि भुव्यन्तरे तथा ॥ ज्योतिष्णु कर्म कुर्वाणो बहुरूपः स सम्पदा ॥७॥ महेश्वरोऽतिगूढात्मा वृषरूपेण तिष्ठति ॥ उद्धृत्य दक्षिणं पादं वायुभक्षः समाहितः ॥ ८ ॥ अष्टौ वर्षसहस्राणि सहस्रशतमेव च ॥ महायोगी महादेवो नियमाद्ब्रह्मसंभवः ॥ ९ ॥ अथ वायुर्घनीभूतो

करके पुष्करतीर्थके पुनीत पर्वतकी तलैटीमें दस हजारवर्ष तक केवल एक पैरके सहारे खड़े होकर तप करते रहे। मोक्षप्राप्तिके लिए उनकी इस प्रकार कठोर तपश्चर्या केवल लोकशिक्षा और लोकोन्नतिके लिए ही थी ॥ १– ॥ द्विजराज चन्द्रमाने भी अपने हाथों शरीरमें भस्म मल तथा रूप-रस आदि सभी विषयोंको त्याग करके स्थिर चित्तसे यागसाधन करते हुए नौ हजार वर्ष बिताये थे ॥ ४ ॥ तभी तो ब्राह्मी सिद्धि प्राप्त करके अपने तपोबलसे वे अन्यान्य ग्रहों और नक्षत्रोंसे ऊपर उठकर संसारको प्रकाश प्रदान करते हैं ॥ ५ ॥ ६ ॥ वे अपने रसात्मक सम्पत्तिके प्रभावसे विविध रूप धारण करके भूमण्डल, नभमण्डल तथा स्वर्ग सर्वत्र दिखायी देते हैं ॥ ७ ॥ महायोगी महेश्वर शंकर भगवानने भी वृषरूप धारण करके दाहिना पैर उठाकर नियमानुसार केवल वायु पीते हुए नौ हजार एक सौ वर्षतक पुष्कर तीर्थमें कठोर तप किया था ॥ ८ ॥ वायु उनके शरीरमें जाकर घनीभूत हो गया था। अतएव जब वे ॐकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लेते थे, तब वह वायु फेनके रूपमें परिणत होकर उनके मुखसे बाहर निकल आता था ॥ ९ ॥ १० ॥ उस समय उस वायुकी प्राकृति न तरल और न कठिन होकर निर्यास अर्थात् गोंद-मात्र रह गयी थी ॥ ११ ॥ तदनन्तर वह फेन चर्मकोप (मशक) के समान जल ग्रहण करके आकाशमें विचरने लगा। उस समय वह फेनरूपी पवन सजल फेनरूपका परित्याग करके आकाशमण्डलमें मेघरूपसे छा गया ॥ १२ ॥ १३ ॥ उस घनीभूत नील मेघसे पृथिवीपर ओलोंकी वर्षा होने लगी ! उन ओलोंकी आकृति न तरल थी और न कठिन ॥१४॥ तदनन्तर वायुदेवने भी ब्राह्मणशरीर धारण करके पूरे एक हजार वर्षतक घोर तप किया ॥ १५ ॥ अग्निदेवने भी आपादमस्तक जटा एवं वल्कलवसन धारण करके निराहार तथा मौनावलम्बन-पूर्वक बड़े यत्नके साथ चार हजार वर्ष दारुण तपस्या की। उन तपोमग्न अग्निदेवके तेजसे जिस महान् अग्निका प्रादुर्भाव हुआ, वह महाग्नि स्वर्गप्रकाशन, स्वर्गवासी और तमोनुद नामसे

अन्ते चरति गोपतेः ॥ फेनीभूतं समुद्गारैः पवनं निर्गिरन्मुखात् ॥ १० ॥ स निष्क्रान्तस्ततो वक्त्रात्प्राणेन परमात्मवान् ॥ निर्यासभूतः पतितो नैवार्द्रो नैव पार्थिवः ॥ ११ ॥ स फेनो वारिणाऽऽविश्य चचार वसुधातले ॥ नैवार्द्रो नैव शुष्कांगो वायुसंघातमागतः ॥१२॥ तत्कालफेनमुत्क्षिप्य पवनः सह वारिणा ॥ निरालम्बे निरालम्बस्त्वभ्राणि समपद्यत ॥ १३ ॥ ते क्षिपन्ति पयो भूमावात्मानं स्वेन घट्टिताः ॥ नीलमेघारुणप्रख्या नैवार्द्रा नैव पार्थिवाः ॥ १४ ॥ ब्राह्मीं मूर्तिं समाधाय वायुः सर्वत्रगो वशी ॥ समाः सहस्रं सम्पूर्णं चचार विपुलं तपः ॥ १५ ॥ वह्निर्बहुजटी भूत्वा चीरवल्कलवासभृत् ॥ तपस्तप्यदनाहारो मौनमास्थाय पौष्करे ॥ १६ ॥ वर्षाणां च सहस्राणि त्रीणि चैकं च यत्नतः ॥ तस्याग्नेस्तेजःसम्भूतो महानग्निः प्रवर्त्तते ॥ १७ ॥ स्वर्गप्रकाशं कृत्वा च स्वर्गवासी तमोनुदः ॥ दिवि भूतप्रकाशाख्यस्तपसा ब्रह्मसम्भवः ॥ १८ ॥ तत्तमो भुवि राजेन्द्र मानुषेषु प्रतिष्ठितम् ॥ भास्करस्तेजसंहारस्ततो भवति सत्तमः ॥ १९ ॥ मर्त्यानां सर्वभूतानां तेज आक्षिप्य वर्तते ॥ न तु योगबले राजन्ब्राह्मणस्य विशेषतः ॥ २० ॥ तत्तमो नाशयेद्रात्रौ नाप्यहो भविताऽद्वयम् ॥ पुष्पमित्रो महातेजा यक्षः सर्वत्रगो वशी ॥ तपश्चरति धर्मात्मा पुष्करेषु समाहितः ॥ २१ ॥ महेन्द्रशिखराद्धारा यावन्त्यो यान्ति मेदिनीम् ॥ तावत्स्वरूपमास्थाय तिष्ठते निखिलाः समाः ॥ २२ ॥ जानुभ्यां पतितो भूमौ ज्योतिर्नभसि पश्यति ॥ समासहस्रं निखिलं नेत्रैरनिमिषैर्जगत् ॥ २३ ॥ नेत्राणि बहुधा तस्य नेत्रान्तैरभिनिःसृतः ॥ मध्यन्दिनकरे प्राप्ते रश्मिवा-

विख्यात हुआ। उनमेंसे स्वर्गवासी ब्राह्मणाग्नि स्वर्गमें रहता हुआ तप करने लगा ॥ १६–१८ ॥ सर्वप्रकाशन नामक अग्निसे जो धुआँ निकला, वह संसारी मनुष्योंमें जाकर प्रतिष्ठित हो गया। भास्कराग्नि पूर्वोक्त अग्नियोंकी अपेक्षा बहुत ही उत्कृष्ट होता है ॥ १९ ॥ वह भास्कराग्नि योगियों और विशेष करके ब्राह्मणोंको छोड़कर बाकी सभी मनुष्योंका तेज आकृष्ट करता हुआ विद्यमान रहता है ॥ २० ॥ जो लोग सूर्योपासनासे विमुख रहकर शरीर त्यागते हैं, उन्हें दिन-रात सब समय धूम आदिकी ही गति प्राप्त होती है। जो लोग सूर्योपासना करके देह त्याग करते हैं, उन्हें सर्वदा सौरी गतिका लाभ होता है। सर्वत्रगामी, जितेन्द्रिय तथा महातेजा पुष्पमित्र नामक यक्षने भी एकाग्र मनसे पुष्कर तीर्थमें तप किया था ॥२१॥ महेन्द्र पर्वतके शिखरसे जितनी जलधारायें गिरती हैं, यक्षराज पुष्पमित्रने उतने ही वर्षों तक पुष्करतीर्थमें निवास किया ॥२२॥ एक हजार वर्ष दोनों घुटने मोड़कर वह सूर्योपासना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करते हुए वह निर्निमेष नयनोंसे सूर्यमण्डलमें दृष्टि जमाकर समस्त संसारका अवलोकन करता रहा ॥ २३ ॥ उसके नेत्र सूर्यमण्डलमें निविष्ट हो जानेके कारण सूर्यरश्मियोंमें मिश्रित हो गये थे ॥ २४ ॥ सूर्यमण्डलसे जैसी और जितनी किरणें निकलती थीं, उसी प्रकार पुष्पमित्रके नेत्र भी सैकड़ों और हजारोंकी संख्यामें दिखायी देते थे। बहुसंख्यक नेत्रोंकी प्राप्तिसे वह यक्ष विद्वान् ऋत्विजोंसे घिरे याज्ञिक अग्निके समान देदीप्यमान हो उठा ॥ २५ ॥ फलतः उसके नयनोंकी ज्योति, सूर्यमण्डलगत होकर जैसे सूर्यकी किरणें भुवनव्यापिनी होती हैं, उसी प्रकार पुष्पमित्रकी नेत्रज्योति भी विश्वव्यापिनी हो गयी थी। इस प्रकार धारणाबलसे चिरंजीवी होकर उसने प्रलयकालीन अग्निकी चिनगारियोंके समान अपने तेजस्वी नेत्रों द्वारा सूर्यमण्डल प्राप्त कर लिया। आदित्यमण्डलमें पहुँचकर यक्षराज पुष्पमित्र प्रलयकालमें अपने नेत्रोंको सूर्यकी किरणोंमें मिलाकर पुनः योगासनासीन होकर कठोर तप करने लगा ॥ २६ ॥ २७ ॥ तपश्चर्या समाप्त होनेपर वह अप्सराओंके साथ सुमेरुपर्वतके शिखरपर रहता तथा अभिलषित भोगोंको भोगता हुआ जीवन यापन करने लगा ॥ २८ ॥

न्सपरिग्रहे ॥ २४ ॥ ते रश्मयः प्रभानेत्रैः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ रराज तेजःसंयोगाद्द्विद्विरिव पावकः ॥ २५ ॥ स विस्फुलिङ्गैर्नेत्रान्तैरादित्यमनु-
वर्त्तते ॥ कर्मणोऽन्ते युगान्ते वा जगतो बहुरूपिणः ॥ २६ ॥ बहुतापः पुनर्भूत्वा विषण्णो वसुधातले ॥ स यो रश्मिषु संपूर्णं तपस्तेपे सुदारु-
णम् ॥ २७ ॥ निगृहीतेन्द्रियो भूत्वा अप्सरोभिर्ललाम ह ॥ मेरोः शिखरमासाद्य कामं कामेन निर्वमन् ॥ २८ ॥ तपःकामः स यक्षस्तु कुबेरो
नरवाहनः ॥ विष्णुरेव तपोऽध्यक्षस्तेजसोऽन्ते विजृम्भति ॥ २९ ॥ न हि कश्चित्पुमानस्ति य एवं तप आचरेत् ॥ त्रिषु लोकेषु राजेन्द्र ऋते
विष्णुं सनातनम् ॥ ३० ॥ वासुकिर्बहुशीर्षस्तु नागेन्द्रो मौनमास्थितः ॥ तप आचरते सम्यङ्निधाय मनसा मनः ॥ ३१ ॥ शेषः सत्यधृतिर्नागो
बलवान्ब्रह्मसंभवः ॥ वृक्षमारुह्य धर्मात्मा अर्वाक्शीर्षोऽवलम्बते ॥ ३२ ॥ जिह्वाभिर्लेलिहानाभिर्गात्रजं विषमुत्सृजन् ॥ समाः सहस्रं सम्पूर्णं निरा-
हारस्तपोधनः ॥ ३३ ॥ कालकूटं विषं तद्धि सुमहत्समपद्यत ॥ येन लोको ह्यभिग्रस्तो न सुखं विन्दते नृप ॥ ३४ ॥ सर्वत्रानुगतं तीक्ष्णं भुजङ्गेषु
महीपते ॥ जङ्गमं स्थावरं चैव सर्वत्रानुगतं विषम् ॥ ३५ ॥ परस्परविवृद्धेन हिंसायुक्तेन भारत ॥ नाशयत्यात्मनोऽङ्गानि तेन तीक्ष्णेन

तपस्वी पुष्पमित्रने तपस्या पूर्ण होनेके बाद नरवाहन कुबेरका पद प्राप्त किया। तपोमूल विष्णुभगवान् भी तपस्याके प्रभावसे उसके समक्ष प्रकट हो गये ॥ २९ ॥ वस्तुतः विष्णु-भगवानके सिवाय समस्त त्रिलोकीमें कोई भी ऐसा प्राणी नहीं है कि जो कुबेरके समान तप कर सके ॥ ३० ॥ हे महाराज! बहुशीर्ष सर्पराज वासुकीने भी ब्रह्मको मन अर्पण करके मौनावलम्बनपूर्वक तपस्या की थी ॥ ३१ ॥ ब्रह्मसम्भूत, सत्यपरायण, बलवान्, धर्मात्मा तथा अनन्तदेव नाग वासुकी वृक्षपर चढ़ गये और नीचे सिर करके लटकते हुए तप करते रहे ॥ ३२ ॥ उस समय वे जितना ही अपनी जीभ लपलपाते थे, उतना ही उनके शरीरसे विष निकलता था। इस प्रकार पूरे एक हजार वर्षतक वे अनाहार रहते हुए वृक्षपर नीचा मुख करके लटके रहे ॥ ३३ ॥ उनकी जिह्वासे निकला हुआ विष कालकूट कहलाया। कालकूटका नाम सुनकर ही लोग सशंक हो जाते हैं और उन्हें चैन नहीं मिलती ॥ ३४ ॥ भुजङ्ग, स्थावर और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जङ्गम सभी वस्तुओंमें कालकूटका अस्तित्व रहता है ॥३५॥ इस विनाशकारी सुतीक्ष्ण विषसे अङ्ग नष्ट हो जाते हैं। अतएव भगवान ब्रह्माने प्राणियोंके कल्याणार्थ वेदाक्षरमय विषनाशक मंत्रकी सृष्टि की ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ वह मंत्र इस प्रकार है—"बाह्य और आभ्यन्तर ज्योति अर्थात् सूर्यचन्द्रादिके द्वारा जो प्रकाशित होता है, मेरा वह शरीर नहीं है। अतएव जो शरीरमें सर्वात्मरूपसे विराजमान रहते हैं और जिनके द्वारा यह शरीर टिका हुआ है, वे गरुड़देव विस्तृत पक्ष, नखाग्र तथा लम्बमान चूलाग्र द्वारा हमारे जीवनस्वरूप जल तथा पृथिवीकी रक्षा करें" ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ हे महाराज! इस मंत्रका पाठ करनेसे इहलोक तथा देवलोक सर्वत्र सभी जीव सहजमें ही विषसे छुटकारा पा जाते हैं। उनका शरीर नक्षत्रविराजित आकाशकी तरह शोभित होता है ॥ ४० ॥ परम धर्मपरायण हिमालयने भी हेमन्तके समय जब पुष्करके जलमें डूबकर तप किया था, तब पुष्करकी मछलियाँ उनकी जटामें घुस गयी थीं ॥ ४१ ॥ विशाल देहवाली इस पृथिवीने भी रसातलमें प्रविष्ट हो तथा दाहिना हाथ उठाकर बड़ी दृढ़ताके साथ मनको एकाग्र करके केवल वायुपानपूर्वक एक लाख वर्षतक तप किया ॥ ४२ ॥

भारत ॥३६॥ अथ ब्रह्मा महाभागो भूतानां हितकाम्यया ॥ मन्त्रं विसृजते राजन्ब्रह्माक्षरमहिंसकम् ॥३७॥ गरुत्मान्विततैः पक्षैर्नखाग्रैः सलिलं महीम् ॥ समासहस्रं सम्पूर्णं चूलाग्रेणावलम्बिना ॥ ३८ ॥ पर्णभारैश्च विकचैर्विस्तीर्णैर्वसुधातले ॥ रराज वसुधा चैव पर्णैर्बहुविचित्रितैः ॥ ३९ ॥ येन वृत्तेन जीवेयुः सर्वभूतानि भारत ॥ इह लोके मनुष्येन्द्र देवलोके च भारत ॥ द्यौरिवाचितनक्षत्रा महीतलविसर्पिभिः ॥ ४० ॥ हिमवान्हिमसंपाते भवत्येकचरो वशी ॥ पुष्कराम्भसि धर्मात्मा मत्स्योल्लिखितमूर्द्धजः ॥ ४१ ॥ अथो सुतलमाक्रम्य पृथिवी प्रांशुदेहिनी ॥ तपश्चरति धर्मात्मा बाहुमुद्यम्य दक्षिणम् ॥ ४२ ॥ साग्रं वर्षसहस्रं च शतमेकं च सुव्रत ॥ तपश्चरति संयोगाद्वायुभक्षः समाहितः ॥ ४३ ॥ समाधियोगात्सङ्गाद्वा ब्रह्मयोगस्य भारत ॥ येनेयं पृथिवी राजन्धार्यते ब्रह्मयोनिना ॥ ४४ ॥ अनाद्यन्तेन नित्येन सर्वत्र विषयैषिणा ॥ योऽसौ विष्णुरगाधात्मा परमात्मा निराकृतिः ॥४५॥ दिने निषण्णो भवति रात्रौ भवति वै स्थिरः ॥ सत्यसन्धः स धर्मात्मा कामकारकरो भवेत् ॥ ४६ ॥ तस्य यः सोद्यतः पाणिः पृथिव्यां पृथिवीसमः ॥ रात्रौ स तपनो भवति मण्डलं विपुलं नभः ॥४७॥ स चन्द्रत्रिषयं राजञ्छमयामास रुन्धति ॥ ग्रहाणां गतयश्चैव ताराणां च विशेषतः ॥ ४८ ॥ तां छायामाक्षिपन्सोमात्सवह्निर्मण्डलेन वै ॥ पृथिव्यां दक्षिणो हस्तो महायोगी महामनाः ॥ ४९ ॥ सैषा छाया शशीभूता शशिमण्ड-

॥४३॥ जिनका आदि, अन्त और आकार कुछ भी नहीं है। जो परमात्मस्वरूप हैं, जो जीवरूपसे सभी भोगोंका उपभोग करते हैं, जिनकी आत्माका कोई परिमाण नहीं है, जो ब्रह्मयोनि हैं और जिन्होंने पृथिवीको धारण कर रक्खा है, वे सत्यप्रतिज्ञ तथा धर्मात्मा विष्णुभगवान ब्रह्मयोग तथा समाधिद्वारा दिनको बैठे तथा रात्रिको खड़े होकर अपनी लीलाका अनुसरण करते हैं ॥४४–४६॥ भक्तजनोंके उद्धारार्थ उनके द्वारा जिस धर्मका आविर्भाव हुआ है, वह धर्म ही मनुष्यको विवेक प्रदान करता है। इस विवेकप्रद धर्मसे भोग और अपवर्गका लाभ होता है। इसके द्वारा विषयासक्ति भी निवृत्त हो जाती है और तारिकातुल्य चक्षु आदि विषयोंका गतिरोध हो जाता है। पृथिवी जो दाहिना हाथ उठाकर तप करती है, वह हाथ ही महामनस्वी तथा महायोगीस्वरूप धर्म होता है। चन्द्रदेवके द्वारा रात्रि तथा छायास्वरूपा अविद्याका नाश हो जाता है ॥४७–४९॥ यह अविद्यारूपा अविनाशिनी छाया अनिर्वचनीय भावसे भूमिशरीर प्राप्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके अन्तमें आकाशस्थित चन्द्रमण्डलमें विलीन हो जाती है ॥५०॥ तीर्थस्नानादि करनेके बाद पृथिवी तपस्या करके चन्द्रमण्डलमें विलीन हो जाती है। चन्द्रमण्डलमें प्रविष्ट होनेके बाद जब वह सूर्यमण्डलकी धारणाका अभ्यास करती है, तब धीरे-धीरे सूर्यरश्मियों द्वारा विशुद्ध होकर वह सूर्यमण्डलमें प्रविष्ट हो जाती है। क्योंकि प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जब विष्णु भगवान इस सजला-सफला पृथिवीको अपने अधीन कर लेते हैं तो वह एकदम अदृश्य हो जाती है ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ तदनन्तर सूर्यकी रश्मियोंमें मिलकर वह धातुमय तत्वोंसे युक्त होकर महानदीके रूपमें परिणत हो जाती है ॥ ५३ ॥ तदनन्तर उन रश्मियोंसे निकलकर पृथिवी जब प्रभुचरणोंसे मिलनेके लिए दौड़ने लगती है, तब जलमय रूप धारण करके वह आकाशगंगा बन जाती है ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ उस समय वसुन्धरा सुशीतल छायायुक्त वृक्षों, सुगन्धित लताओं एवं दिव्य गन्धयुक्त कमलवनोंसे परिपूर्ण हो उठती है ॥५६॥ उस आकाशगङ्गाके जघनभागमें स्वर्णभूषण एवं स्फटिकमेखला विद्यमान रहती है। उसका वर्ण कमलकेसरके समान श्वेत तथा पीत रहता है। चक्रवाक उसके कर्णभूषण बन जाते हैं ॥ ५७ ॥ उसके केश लम्बे तथा

लमाविशत् ॥ अलिङ्गा पृथिवीलिङ्गादद्भुतादक्षया दिवि ॥ ५० ॥ अंगांगान्युपगृह्यैव तपश्चरति निश्चयात् ॥ प्रोक्ष्य पादौ तु सुतलौ पृथिवी तपसि स्थिता ॥ ५१ ॥ सूर्यार्चिभिः पीयमानादाक्षिप्यत महीतले ॥ महीमिवाम्बुवसनां युगान्ते विष्णुतेजसा ॥५२॥ रराज सूर्यरश्मिभिर्व्यतिपिक्ता महानदी ॥ स्फाटिकेव शुभा सैषा काञ्चनैर्धातुभिर्वृता ॥ ५३ ॥ आदित्येन समादत्ता रश्मितेजोभिसंभवैः ॥ मण्डलान्तर्गता देवी चक्षुषा नोपलभ्यते ॥ ५४ ॥ रश्मिभिः पुनरुत्तीर्णा ततो योगेन धावति ॥ आकाशगङ्गा संवृत्ता विपुलैरम्बुविग्रहैः ॥ ५५ ॥ शीतच्छायैश्च तरुभिर्लता-भिश्च सुगंधिभिः ॥ पद्मखण्डैश्च विविधैः शुशुभे दिव्यगन्धिभिः ॥ ५६ ॥ काञ्चनापीडजघना स्फाटिकान्तरमेखला ॥ पद्मरेणुसिता पीता चक्रवा-कावतंसिका ॥ ५७ ॥ नीलगर्भसुकेशान्ता पुष्पसंचयसंकुला ॥ शोभते विप्रसर्पन्ती प्रमदेव विभूषिता ॥ ५८ ॥ सैषा गङ्गा फलं लेभे पुष्करेण समाहिता ॥ सुतपा चन्द्रविहिता लोकानां धारणे रता ॥ ५९ ॥ सरस्वती स्वरैर्व्यञ्जनैरधीते ब्रह्मवादिनी ॥ पृष्ठात्प्रयाता शैलेन्द्रे मन्दरे मन्दगा-मिनी ॥ ६० ॥ ऋङ्मयांश्चतुरो वेदान्पादैश्चतुर्भिरावृतान् ॥ यजुर्भिः सामभिश्चैव ग्रथिताञ्छिक्षया तथा ॥ ६१ ॥ ऋषिभिर्ज्वलनप्रख्यैस्तपसा दग्धकि-ल्बिषैः ॥ सुपार्श्वस्य गिरेः पादे परिदायैः सुपारणैः ॥ ६२ ॥ निःस्वनं सर्वभूतानि नियमैश्च न शृण्वते ॥ मन्दराग्रे विसर्पन्तं जगत्कुच्छ्रमतीन्द्रि-

गाढ़े कृष्णवर्णके होते हैं और उनमें फूलोंके गुच्छे गुथे रहते हैं। उस समय उसे देखकर ऐसा लगता है कि मानो कोई सर्वाङ्ग सुन्दरी एवं सालंकृता कामिनी धीरे-धीरे चल रही है ॥५८॥ यह लोकधात्री पृथिवी पहले पुष्करतीर्थमें तप करके चन्द्ररूपमें परिणत हुई। उसके बाद आकाशगङ्गाका रूप धारण करके परमात्माके समीप जा पहुँची और वहाँ पावनत्व प्राप्त किया ॥ ५९ ॥ अग्नि तुल्य तेजस्वी, तपोनिष्ठ, निष्पाप कलेवर, ब्रह्ममंत्र दाता एवं उद्धारसमर्थ ऋषिगण अपनी विशिष्ट शिक्षाप्रणालीके अनुसार चार चरणोंयुक्त ऋक्, यजुः, साम तथा अथर्व इन चारों वेदोंको एकमें ग्रथित करके इस पृथिवीको ही ब्रह्मवादिनी सरस्वतीरूपमें अकारादि स्वर-वर्णों द्वारा अध्ययन करते हैं। यह पृथिवी ही सुमेरुपर्वतकी पीठसे उत्पन्न होकर धीरे-धीरे मन्दर पर्वतकी ओर बढ़ती है ॥ ६०–६२ ॥ जो वैखरी शब्द समस्त जगत्में व्याप्त है, वही अतीन्द्रिय शब्द मन्दरपर्वतके आस-पास विचरने लगा, किन्तु जीवमात्रमें किसीने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह शब्द नहीं सुना ॥६३॥ विश्रामका समय उपस्थित होनेपर वाग्देवी सरस्वतीने मौनावलम्बन कर लिया। उसके बाद उन्होंने नियमानुमार किमी भी वचनका उच्चारण नहीं किया ॥ ६४ ॥ सरस्वतीके ऐसा करनेपर संसारके सभी प्राणियोंकी बोली बन्द हो गयी। बोलनेकी चेष्टा करके भी लोग कुछ नहीं बोल सके ॥ ६५ ॥ उस समय सब प्राणियोंपर अनुकम्पा करनेके लिए योगावलम्बन करके उच्च स्वर तथा शुद्धरूपमें सरस्वतीने वचनका उच्चारण किया ॥ ६६ ॥ उसी समयसे संसारी जीवोंने सम्भाषणकी शिक्षा पायी। तभी आदित्य, वसु, रुद्र, वायु, अश्विनीकुमार, जटा-वल्कलवसन एवं मुञ्जमेखलाधारी गन्धर्वगण, नाग तथा वरुण आदि सभी मनीषियोंने संगीतगान तथा तपस्या आरम्भ की ॥ ६८–६९ ॥ उन्हीं लोगोंके साथ कीट, पतङ्ग तथा सरीसृप आदि जीव भी कठोर तप करते हुए अपना शरीर सुखाने लगे ॥ ७० ॥ इधर परमात्मा विष्णुभगवानने व्यापकरूपसे समस्त जगत्का पालन असाध्य समझकर यज्ञादिफलभोक्ता विष्णुत्व अर्थात् चतुर्भुज रूप धारण किया। उस रूपको धारण करके भगवान आदित्य आदि सभी सहचरोंका पालन

यम् ॥ ६३ ॥ विरामनियमे प्राप्ते तूष्णींभूता बभूव ह ॥ न वाचामीरयेद्देवी नियमात्सत्यवादिनी ॥ ६४ ॥ अथ भूतानि सर्वाणि तूष्णींभूतानि सर्वशः ॥ न शेकुरभिधानार्थं व्याहर्तुं वदनैर्बलात् ॥ ६५ ॥ विभज्य योगं मनसा सर्वभूतेष्वनुग्रहम् ॥ सरस्वती तीरयुता व्याजहार महास्वनम् ॥ ६६ ॥ सरस्वत्या समायुक्तां शिक्षां गृह्णन्ति देहिनः ॥ तस्मिन्नेवाथ ते सर्वे गानं गायन्ति शिक्षया ॥ ६७ ॥ आदित्या वसवो रुद्रा मरुतश्चाश्विभिः सह ॥ जटिलाश्चीरवसना मुञ्जमेखलधारिणः ॥ ६८ ॥ गन्धर्वाः किन्नराश्चैव सनागाः सह चाम्भसः ॥ तपश्चरन्ति सहिताः पुष्करेषु मनीषिणः ॥ ६९ ॥ अपि कीटपतङ्गैश्च सह सर्वैः सरीसृपैः ॥ शोषयन्ति शरीराणि तपसोग्रेण यत्नतः ॥ ७० ॥ विष्णुर्विष्णुत्वमापन्नो देहान्तरविसृष्टवान् ॥ संरक्षति महायोगी सर्वांस्तान्सहचारिणः ॥७१॥ पुष्करे रमते विष्णुर्विष्णुरेव द्विधा कृतः ॥ दीप्यमानः स्वतेजोभिर्विधूम इव पावकः ॥ ७२ ॥ सोऽग्निर्मनःसमुद्भूतः पृथिवीं तापयन्निव ॥ प्रधावति समं तेन मण्डलं दशयोजनम् ॥ ७३ ॥ विरराजार्चिभिर्दीप्तैः पृष्ठतश्चावलम्बिभिः ॥ विशीर्णपार्थिवभवैर्मयूखैरिव दीपितः ॥ ७४ ॥ तस्याग्नेर्विस्फुलिङ्गानां न शेकुर्लङ्घने रताः ॥ विप्रकीर्णस्य वसुधा मर्यादामिव भास्करम् ॥ ७५ ॥ सोऽग्निर्दीप्य विभज्यांशून्विधूम इव पावकः ॥ ऋत्विग्भिर्ज्वलनप्रख्यैर्विक्रीयत इवाध्वरे ॥ ७६ ॥ सोऽग्निर्धूमगत-

करने लगे ॥ ७१ ॥ इस प्रकार भगवान विष्णु स्वयं दो भागोंमें विभक्त होकर तेजःप्रदीप्त तथा धूमहीन अग्निके समान तेजस्वी नारायणादि रूप धारण करके इस कर्मक्षेत्रस्वरूप संसारमें लोकशिक्षाके लिए तपस्या करने लगे ॥ ७२ ॥ मनःकल्पित गार्हपत्यादि अग्निरूप धारण करके वे जीवोंको निर्दोष करते हुए अन्तमें उन जीवोंके साथ दस योजन मण्डल गमन करते अर्थात् कर्मस्वरूप होकर उन्हें सद्गति प्रदान करते हैं ॥ ७३ ॥ उस विष्णुरूपी अग्निने मोहसामर्थ्यविधायक सर्वतो विक्षिप्त अपनी दीप्त शिखासमूहसे एक अनिर्वचनीय शोभा धारण कर ली ॥ ७४ ॥ पर्वतगण जैसे पृथिवीके परिच्छेत्ता सूर्यका अतिक्रमण नहीं कर सकते, उसी प्रकार विषयासक्त जीव उस विष्णुरूपी विस्फुलिङ्गका अतिक्रमण नहीं कर सकते ॥ ७५ ॥ प्रज्वलित अग्निके समान तेजस्वी ऋत्विग्गण उस धूमरहित पावककी तरह देदीप्यमान विष्णुरूपी अग्निकी यज्ञमें विविध कल्पनायें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर लेते हैं ॥ ७६ ॥ जबतक यज्ञ समाप्त नहीं होता और वह अग्नि पृथिवी, आकाश तथा स्वर्गको गमन नहीं कर जाती, तबतक वह प्रचुर रूपसे यज्ञशालामें बराबर प्रज्वलित रहती है ॥ ७७ ॥ अतुलित पराक्रमी भगवान विष्णु जो उस यज्ञोय अग्निकी रक्षा करते हुए विद्यमान रहते हैं, इस बातको अन्य लोग नहीं जानते। किन्तु वे विश्वव्यापी भगवान अपने योगबलसे सैकड़ों शरीर धारण करके मेघविद्रावक ऐरावतका रूप धारण कर लेते हैं ॥ ७८ ॥ तदनन्तर जीवोंके जीवनदाता ऐरावतरूपी नारायण जनकल्याणके निमित्त जलजनित अन्न आदि देकर जीवोंके अन्तःस्थित जठराग्निको शान्ति प्रदान करते हैं ॥ ७९ ॥ ८० ॥ तदनन्तर घोरतर वैराग्यसम्पन्न वे महायोगी सिद्धगणोंसे परिवेष्टित हो तथा ब्रह्मको आत्मसमर्पण करके तपस्यामें लग जाते हैं ॥ ८१ ॥ उस समय वे नियमानुसार एक पैरपर दूसरा पैर रखकर मूर्धा अर्थात् सहस्रदल कमलमें मन लगाते हुए मौन हो जाते हैं ॥ ८२ ॥ हे महाराज! यह

स्तत्र तिष्ठते विपुलं तदा ॥ यावद्विष्णुः क्रमप्राप्तो नियमस्य समापनात् ॥ ७७ ॥ रक्षां कृत्वा स्थितं विद्याद्विष्णुर्विष्णुपराक्रमः ॥ भूत्वा शतशरीरो वै नागो बालाहकोऽभवत् ॥ ७८ ॥ तमग्निमात्मसंसृष्टं लेलिहानं महामतिम् ॥ प्रतिप्रवृत्तं तेजोभिर्भूतानां हितकाम्यया ॥ ७९ ॥ वारिणा सुखशीतेन प्राणिनां प्राणवर्धनः ॥ न्यषिञ्चद्दहनं तत्र नागो बालाहकस्तदा ॥ ८० ॥ ततः सिद्धगणैर्जुष्टः पुष्करे तप्यते तपः ॥ संहृत्य मनसाऽऽत्मानं महायोगी महाबलः ॥ ८१ ॥ पादगात्राणि संहृत्य मनो मूर्ध्नि विधारयन् ॥ अचलं स्थानमासाद्य तूष्णींभूतो बभूव ह ॥ ८२ ॥ एष धर्मो हि धर्माणां नोपधानविकल्पितः ॥ हितः सर्वेषु भूतेषु इह चामुत्र चोभयोः ॥ ८३ ॥ अथ दैत्या हतास्तत्र समागम्योद्यतायुधाः ॥ मायाप्राप्तैर्बहुविधैर्नगरैरभिसंवृताः ॥ ८४ ॥ अग्निं दैत्याः पर्वताग्रैरभिघ्नन्ति परन्तप ॥ ज्वलन्तं ज्वलनप्रख्या महाकाया महाबलाः ॥ ८५ ॥ मेघीभूताश्च मायाभिर्वर्षन्ति बलदर्पिताः ॥ तस्मिन्नेवाभिसंघाते ससंघातं महाबलम् ॥ ८६ ॥ ते शैलास्त्वर्चिषा दग्धाः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ युगान्ते प्रभुरादित्यः प्रजा इव दिधक्षति ॥ ८७ ॥ न शेकुरग्निं दैत्यास्ते मायाभिर्मुखमुद्यतम् ॥ आदित्य इव दीप्यन्तं नभः सूर्योदये यथा ॥८८॥ विहितैरुद्यमैः सर्वै दैत्या भग्नपराक्रमाः ॥ गन्धमादनमासाद्य विषण्णा नगमूर्धनि ॥ ८९ ॥ स चाग्निर्वैष्णवैर्लोकैर्विद्युद्भिः सह संगतः ॥ अन्तरिक्षचरान्दैत्यान्निर्द-

योगधर्म सब धर्मोंका सार है। यह सर्वथा स्वभावसिद्ध एवं इहलोक तथा परलोक सर्वत्र सभी प्राणियोंका हितकारी है ॥ ८३ ॥ उसी समय अग्निसदृश तेजस्वी, बृहदाकार, महाबली और असाधारण पराक्रमी दैत्यगण मायामय नगरमें एकत्र हुए और विविध शस्त्रास्त्र ले-लेकर वे वहाँसे यज्ञभूमिमें आ उपस्थित हुए। आते ही वे पर्वतशिखरोंकी वर्षा करके यज्ञाग्निको बुझानेका उपक्रम करने लगे ॥ ८४ ॥ ॥ ८५ ॥ वे दैत्य अपने मायाबलसे मेघ बनकर उस यज्ञाग्निपर जल बरसा रहे थे। किन्तु जैसे प्रलयकालीन सूर्यदेव प्रजाको भस्म करने लगते हैं, उसी प्रकार वह अनलशिखाका विस्तार करके उन पर्वतोंको भस्म करने लगा ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ तब दैत्यगण उस अग्नितापको सहनेमें असमर्थ हो गये। क्योंकि उस समय वह यज्ञाग्नि देदीप्यमान दिवाकरके समान तेजस्वी हो उठा था ॥ ८८ ॥ ऐसी परिस्थितिमें वे दैत्य भग्नपराक्रम होकर गन्धमादन पर्वतपर चले गये और विषण्ण होकर उसके शिखरपर चुपचाप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बैठ गये ॥ ८९ ॥ इधर वह अग्नि बिजलीके समान द्रुतगतिसे फैलता हुआ विष्णुलोक जा पहुँचा और वहाँसे आकाशस्थित दैत्योंको जलाता हुआ नभमण्डलमें विचरने लगा ॥ ९० ॥ उसी समय ब्राह्मणोंके मुखसे उच्चरित मंत्रबलसे प्रेरित तथा मेघोंके साथ मिलकर ऐरावत जगतीतलके सब लोगोंको विप्रसन्तति समझकर जलधारावर्षी मेघके समान धरतीपर प्रचुर जल बरसाने लगा ॥ ९१ ॥ ९२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामष्टाविंशतितमोऽध्यायः ॥ २८ ॥

(देवताओंके शस्त्रोंका वर्णन) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे द्विजवर ! संसारमें कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जो तपोबलसे सिद्ध न हो सके। अतएव मैं आपसे यह जानना चाहता हूँ कि तपोयुक्त हो जानेके बाद देवताओंने क्या किया ? ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर उन ब्रह्ममय ब्राह्मणोंने यज्ञमें दीक्षित होकर पुष्कर-तीर्थसे अग्नि आदि सभी द्रव्योंको हस्तगत कर लिया और यथाविधि अग्निसंस्कार करके शास्त्रीय मन्त्रोंका उच्चारण करते हुए घृत-हवि आदिको आहुति देने लगे ॥ २ ॥ ३ ॥ इस प्रकार

हन्विचरन्दिवि ॥९०॥ नागो बालाहकश्चैव मेघसंघातमागतः ॥ मुमोच सलिलं भूमौ पर्जन्य इव वृष्टिमान् ॥९१॥ मन्त्रैः संचोदितो नागो द्विजेभ्यो वदनोद्गतैः ॥ मुमोच तोयसंघातं मानयन्विप्रजं जनम् ॥९२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि अष्टाविंशतितमोऽध्यायः ॥ २८ ॥

जनमेजय उवाच ॥ संयुज्य तपसा देवाः किमकुर्वस्ततः परम् ॥ न हि तद्विद्यते लोके तपसा यन्न लभ्यते ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अथ दीक्षां समास्थाय सर्वे विष्णुमया गणाः ॥ पुष्करादग्निमुद्धृत्य प्रणीय च यथाविधि ॥ २ ॥ जुहुवुर्मन्त्रविधिना ब्राह्मणा मन्त्रचोदिताः ॥ हविषा मन्त्रपूतेन यथा वै विधिरेव च ॥ ३ ॥ स चाग्निर्विधिवत्तत्र वर्धते ब्रह्मतेजसा ॥ तेजोभिर्बहुलीभूतः प्रभुः पुरुषविग्रहः ॥ ४ ॥ ब्रह्मदण्ड इति ख्यातो वपुषा निर्दहन्निव ॥ दिव्यरूपप्रहरणो ह्यसिचर्मधनुर्धरः ॥ ५ ॥ सगदो लाङ्गली चक्री शरी चर्मो परश्वधी ॥ शूली वज्री खड्गपाणिः शक्तिमान्वरकार्मुकः ॥ ६ ॥ विष्णुश्चक्रधरः खड्गी मुसली लाङ्गलायुधः ॥ नरो लाङ्गलमालम्ब्य मुसलं च महाबलः ॥ ७ ॥ वज्रमिन्द्रस्तपोयोगाच्छतपर्वाणमक्षिपत् ॥ रुद्रः शूलं पिनाकं च मनसाऽधारयद्भुवि ॥ ८ ॥ मृत्युर्दण्डं पाशमापः कालः शक्तिमगृह्णत ॥ जग्राह परशुं त्वष्टा कुबेरश्च परश्वधम् ॥ ९ ॥ निर्विकारैः समायुक्ताः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ विश्वकर्मा च त्वष्टा च चक्राते ह्यायुधं बहु ॥ १० ॥ इन्द्रायाग्नीरथं प्रादात्सूर्याय

वह अग्नि ब्रह्मतेजसे परिवर्धित होने लगा। भली भाँति बढ़कर उस अग्निने पुरुषका आकार धारण कर लिया। उस पुरुषका शरीर बड़ा प्रचण्ड तेजस्वी था। उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो वह अपने शरीरके तेजसे सब कुछ जलाकर भस्म कर देगा ॥ ४ ॥ आगे चलकर उस पुरुषका 'ब्रह्मदण्ड' नाम पड़ा। वस्तुतः उस रूपमें स्वयं नारायण प्रकट हुए थे। उन विष्णु भगवानकी षोडश भुजाओंमें असि, चर्म, धनुष, गदा, लाङ्गल, मुसल, चक्र, बाण, परशु, शूल, वज्र, खड्ग, शक्ति, उत्कृष्ट, कार्मुक, चक्र और खड्ग ये सोलह शस्त्र विद्यमान थे। नरदेवके हाथमें मुसल और लांगल सुशोभित थे ॥ ५–७ ॥ तदनन्तर देवराज इन्द्र शतपर्वा वज्र, रुद्रदेव शूल और पिनाक धनुष, मृत्यु दण्ड, वरुण पाश, काल शक्ति, त्वष्टा परशु एवं कुबेरने परश्वध धारण किया ॥ ८ ॥ ९ ॥ ये सभी शस्त्र उपर्युक्त देवताओंका योगबलसे प्राप्त हुए थे। वे देवता निर्विकार चित्तसे अन्यान्य देवताओंके साथ जा मिले। तत्पश्चात्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

त्वष्टा और विश्वकर्माने विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र प्रस्तुत किये ॥ १० ॥ तदनन्तर उन अग्निरूपधारी विष्णुभगवानने इन्द्र, प्रबल प्रतापी सूर्य तथा रुद्रदेवको रथ प्रदान किया ॥ ११ ॥ उसी समय त्वष्टा वेदप्रदर्शित प्रणालीसे सैन्य सग्रह करने लगे और विश्वकर्मा विविध रीतियोंसे विमानोंके निर्माणकार्यमें लग गये ॥ १२ ॥ सत्यपराक्रम भगवान विष्णु भी अपने पुष्कर नामक शरीरसे सभी अंशोंका उद्धार करके उसीके द्वारा सैन्य सृष्टि करने लगे ॥ १३ ॥ सूर्य और नक्षत्रोंको टिकनेके लिए उन्होंने स्वर्गकी रचना की। तदनन्तर स्वर्गपूज्य देवराज इन्द्रने युद्धभूमिमें शत्रुओंका विदारण किया ॥ १४ ॥ ब्रह्मरूपी विष्णुने दैत्योंपर प्रहार करना उचित समझकर निर्विकार चित्तसे अनुमोदन किया और स्वयं अन्तर्धान होकर ऐन्द्र, आग्नेय, वायव्य एवं रौद्र इन चार प्रकारके अस्त्रोंको धारण किया ॥ १५ ॥ १६ ॥ इधर महाबली और परम पराक्रमी दैत्य भी तपस्या, शिक्षा, विविध शस्त्रास्त्र एवं

च प्रतापिने ॥ परमात्मा ददौ कृष्णो रुद्राय च महात्मने ॥ ११ ॥ छन्दोभिरेव त्वष्टा च स चकाराथ वाहिनीम् ॥ विश्वकर्मा विमानानि चकार
बहुभिः क्रमैः ॥ १२ ॥ शरीरांशं समुत्पत्य विष्णुः सत्यपराक्रमः ॥ पुष्करात्पर्वणि वनात्पृतनार्थं प्रवर्तयन् ॥ १३ ॥ द्यां चैव सर्वऋक्षाणां वाचा वै
समकल्पयत् ॥ यया स पूज्यः संग्रामे शत्रून्निर्बिभिदे रणे ॥१४॥ स तं दण्डं समुचितं निर्विकारं समाहितम् ॥ ब्रह्मा जग्राह विधिना अन्तर्धानगतः
प्रभुः ॥ १५ ॥ स्वैः प्रभावैश्च विधिना सोऽस्त्रग्रामं चतुर्विधम् ॥ ऐन्द्रमाग्नेयवायव्ये रौद्रं रौद्रेण वर्च्चसा ॥ १६ ॥ एभिर्विकारैः संयुक्तादितेः पुत्रा
महाबलाः ॥ तपसा शिक्षया चैव स्वास्त्रैः प्रहरणरपि ॥१७॥ बलेन चतुरङ्गेण वीर्येण सुसमाहिताः ॥ अप्रघृष्या रणे सर्वे समपद्यन्त वै तदा ॥१८॥
ते विहाय गुहामध्ये सभाण्डोपस्करे रथे ॥ मन्दरस्य गिरेः पादे विचेरुर्वसुधातले ॥ १९ ॥ चतुरङ्गं बलं सर्वं संहृत्य तमसः प्रभुः ॥ विष्णुरेव महा-
योगी चचार वसुधातले ॥ २० ॥ भूयोऽन्यत्तप आसेदुश्चरन्तो ब्राह्मणैः सह ॥ तैश्च सर्वैः सुरगणैश्चर्मचीरनिवासिभिः ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभा-
रते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

जनमेजय उवाच ॥ ब्रह्मन्खिले वर्तमाने निर्मर्यादे महाग्रहे ॥ अविनाशे च भूतानां कथमासन्प्रजास्तदा ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ अभ्य-

चतुरंगिणी सेनासे सुसज्ज होकर भी देवताओंके भीषण प्रहारसे व्यथित होकर रणभूमिसे भाग खड़े हुए ॥ १७ ॥ १८ ॥ इस प्रकार रणांगण त्यागकर वे दैत्य भाण्डविभूषित रथोंपर आरूढ़ हो-होकर मन्दरपर्वतके आस-पास विचरने लगे ॥ १९ ॥ इस प्रकार दैत्योंकी चतुरंगिणी सेनाको अस्त-व्यस्त करके महायोगी विष्णुभगवान धरतीपर विचरण करने लगे ॥ २० ॥ तब असुरगण चर्म तथा वल्कल वसन धारण करके ब्राह्मणों तथा देवताओंके साथ मिलकर अन्य प्रकारकी तपस्या करने लगे ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्य-पर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

(समुद्रमन्थन) राजा जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन्! कुत्सित प्रवृत्तियोंको प्रोत्साहित करनेवाले मर्यादाहीन महाग्रहोंके विद्यमान रहते प्रजाजनोंको मोक्ष प्राप्त होनेकी सम्भावना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

क्योंकर हो सकती है ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! प्रजाधर्मपरायण प्रजापतिने ऋषिगणोंके साथ मिलकर राजकार्यका सम्पादन करनेके लिए वेणुतनय पृथुका राज्यपदपर अभिषेक कर दिया ॥ २ ॥ त्रेतायुग उपस्थित होनेपर प्रजागण "ये सबसे अच्छे राजा हैं, इनका हमपर अत्यधिक अनुराग है, इन्होंने हमारे लिए जीविकाका प्रबन्ध किया है, इन्हींके द्वारा हमलोग शिल्पकार्यमें प्रवृत्त हुए हैं और ईश्वरकी कृपासे ये हमारी रक्षा करते हैं । परस्पर इस प्रकार कल्पना करने लगे ॥ ३ ॥ ४ ॥ इसी समय वसन्तकाल आ उपस्थित हुआ । उस समय देवता तपःश्रान्त तथा विविध व्रतोंका पालन करनेके कारण कृशकाय होकर गन्धमादन पर्वतकी कन्दरामें विश्राम कर रहे थे । उस समय वायुके झोंकेसे वसन्तकालीन पुष्पोंकी भीनी-भीनी सुगन्धि चारों ओर फैल रही थी ॥ ५ ॥ ६ ॥ देवता और दानव उस सुगन्धिसे मस्त हो गये । उस समय सभी पार्थिव सुगन्धि उत्कृष्ट सुखकर

षिश्चत्पृथुं वैन्यं पुरा राज्ये प्रजापतिः ॥ राज्याय ऋषिभिः सार्द्धं प्रजाधर्मपरायणः ॥ २ ॥ एष नः परमो राजा सानुरागादजायत ॥ त्रेतायां
सम्प्रवृत्तायामन्योन्यमनुजल्पिरे ॥ ३ ॥ एष नो वृत्तिदाता च विप्राणां च प्रवर्तिता ॥ निर्माता सर्वभूतानां सत्यप्राप्तेन कर्मणा ॥४॥ एतस्मिन्नन्तरं
देवा गन्धमादनसानुषु ॥ बहुभिर्नियमैः श्रान्ता निषण्णा गिरिसानुषु ॥ ५ ॥ अथ गन्धं समासाद्य समन्ताद्देवदानवाः ॥ माधवे समयं प्राप्ते तेन
गन्धेन दर्पिताः ॥ ६ ॥ पुष्पमात्रस्य यद्वीर्यं मारुतेन विसर्पितम् ॥ मनोग्राहि सुखं सर्वं पार्थिवं गन्धमुत्तमम् ॥ ७ ॥ ते दैत्यास्तेन गन्धेन किञ्चि-
द्विस्मयमागताः ॥ प्रसन्नमनसो भूत्वा परं सौख्यमुपागताः ॥ ८ ॥ ऊचुश्च सहिताः सर्वे तेन गन्धेन दर्पिताः ॥ पुष्पमात्रस्य यद्वीर्यं किं तस्य फल-
तो भवेत् ॥ ९ ॥ अनुमानेन विज्ञेया विविधाः कर्मबुद्धयः ॥ शुभाश्चैवाशुभाश्चैव बुद्धिप्राणेन देहिनाम् ॥ १० ॥ तस्माद्वयं पयोमध्ये औषध्यो निर्म-
थामहे ॥ मन्दरेण विशालेन बलिना कामरूपिणा ॥११॥ समुद्रमभिसंरम्भान्मथ्नीमः सोमजं जलम् ॥ पीत्वा च सहिताः सर्वे प्रस्थिताः कामरूपिणः
॥ १२ ॥ विष्णुरेवाग्रणीस्तेषां भविष्यति महाबलः ॥ दिवं च वसुधां चैव भोक्ष्यामः सह शत्रुभिः ॥ १३ ॥ समूलपत्रशाखाश्च सपुष्पाः फलशा-
लिनः ॥ सर्वग्रहांश्च गृह्णीमः सुधां च वसुधातले ॥ १४ ॥ उद्धृत्य गिरिपादेभ्यो गन्धमादनसानुजान् ॥ प्रभाष्य वचनं दैत्या मन्दरस्य प्रकम्पने

और अति मनोहारिणी हो उठी । वायुवश सारी पुष्पसम्पत्ति इधर-उधर बिखर गयी । वह सुगन्धि सूँघकर दैत्यगण विस्मित, प्रफुल्लचित्त और नितान्त सुखी होकर परस्पर कहने लगे—जिस पुष्पकी सुगन्धिमें इतना माधुर्य है, उसके फलमें कितनी मिठास होगी ॥ ७–९ ॥ जैसे शरीरधारी प्राणियोंके शुभाशुभ कर्म अनुमान द्वारा जाने जाते हैं, उसी प्रकार हमलोग अनुमानकी सहायतासे समुद्रमें विविध औषधियें डालकर उसके सोममिश्रित जलका स्वेच्छारूपधारी सुविशाल मन्दरपर्वत द्वारा मन्थन करेंगे ॥ १० ॥ ११ ॥ तदनन्तर उससे प्राप्त अमृत पान करके हम अमर हो जायँगे । इस कार्यमें महाबली विष्णु हमारे अग्रणी होंगे । उनकी सहायतासे हम शत्रुओंके साथ पृथिवी तथा स्वर्गका सुख भोगेंगे ॥१२॥१३॥ गन्धमादन पर्वतकी गुफाओंमें जो वृक्ष हैं, उन्हें शाखा-पत्र-पुष्प एवं फल आदिके साथ हम उखाड़कर पृथिवीपर ले चलेंगे ॥ १४ ॥ हे महाराज ! देवता और दानव ऐसा कह तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपनी विशाल भुजायें फैलाकर मन्दर पर्वतको उत्पाटित करने लगे, जिससे पृथिवी कम्पित हो उठी ॥ १५ ॥ १६ ॥ वे दानव पहले ही से मन्दरपर्वतका उद्धार करनेके उद्योगमें तल्लीन थे, किन्तु किसी भी प्रकार वे ऐसा करनेमें समर्थ नहीं हुए। प्रथम प्रयासमें ही उनका साहस छूट गया और वे घुटनोंके बल पर्वतपर गिर पड़े ॥ १७ ॥ तदनन्तर योगावलम्बन करके वे नतमस्तक होकर ब्रह्माजीकी शरणमें जा पहुँचे ॥ १८ ॥ सर्वान्तर्यामी ब्रह्माजी उनकी अभिलाषा जान गये। तदनुसार सारी त्रिलोकीका कल्याण करनेके विचारसे आकाशवाणी करते हुए उन्होंने कहा—॥ १९ ॥ "हे दानवों! तुमलोग स्वय इस पर्वतका उत्पाटन नहीं कर सकोगे। अतएव तुम आदित्य, वसु, रुद्र, मरुत्, देव, यक्ष, गन्धर्व तथा किन्नरोंके साथ मिल जाओ। ऐसा करनेसे तुम अमृतप्राप्तिके निमित्त इस पर्वतका उत्पाटन करनेमें समर्थ हो जाओगे। यहाँ तक कि हिमालय सदृश सारवान् यह महागिरि तुम्हारे लिए हस्तामलकवत् लघु

॥ १५ ॥ समुद्धर्तुं प्रधावन्तः कम्पयन्ति स्म मेदिनीम् ॥ निश्चयेन महावीर्या बाहुभिः परिणाहिभिः ॥ १६ ॥ न शक्नुस्ते समुद्धर्तुं शैलेन्द्रं दनुवंशजाः ॥ निपेतुर्जानुभिर्घृष्टा विपुले पर्वतान्तरे ॥ १७ ॥ समाधायात्मनाऽऽत्मानं तपसा दग्धकिल्बिषाः ॥ पितामहं प्रपद्यन्ते शिरोभिः कामरूपिभिः ॥ १८ ॥ तेषां मनोभिलषितं ब्रह्मा सर्वत्रगो वशी ॥ ज्ञात्वा बहुविधैर्वाक्यैर्व्याजहार सरस्वतीम् ॥ १९ ॥ अशरीरां शरीरस्थः परया वर्णसम्पदा ॥ सर्वलोकपतिर्ब्रह्मा लोकानां हितकाम्यया ॥ २० ॥ आदित्यैर्वसुभिश्चैव रुद्रैश्च समरुद्गणैः ॥ देवैर्यक्षैः सगन्धर्वैः किन्नरैश्च प्रगायिभिः ॥२१॥ समेत्य सहितैः सर्वैः शक्य उद्धरितुं गिरिः ॥ अमृतार्थे महातेजा धातुभिः समरंजितः ॥२२॥ सुरासुरगणाः सर्वे समुत्पाट्य महागिरिम् ॥ हस्तारूढाः प्रपश्यन्ति वीरुधो हिमवद्रसम् ॥ २३ ॥ एतच्छ्रुत्वा च वचनं सर्वेषामन्तिके तदा ॥ दैतेया बाहुबलिनो मनोभिर्वाग्भिरेव च ॥ २४ ॥ आक्रीडभूता बहुधा बभूवुर्लवणाम्भसः ॥ यत्र पुष्करविन्यस्तः सहितैर्देवदानवैः ॥ २५ ॥ सुरासुरगणाः सर्वे सहिता लवणांभसः ॥ मन्दरं पुष्करं कृत्वा नेत्रं वासुकिमेव च ॥२६॥ समाः सहस्रं मथितं जलमौषधिभिः सह ॥ क्षीरभूतं समायोगादमृतं समपद्यत ॥२७॥ तज्जहुरसुराः पूर्वमाक्रान्ता लोभमन्युना ॥ धन्वन्तरिस्तथा मद्यं श्रीर्देवी कौस्तुभो मणिः ॥ २८ ॥ शशाङ्को विमलश्चापि समुत्तस्थुः समन्ततः ॥ उच्चैःश्रवा हयो रम्यः पीयूषं तदनन्तरम् ॥ २९ ॥ पश्चाद्देवास्तदादातुमुद्यता राहुमब्रुवन् ॥ न य केचित्पिबन्ति स्म दैत्या नैव च दानवाः ॥३०॥ चिच्छेदाथ हरिः संख्ये गहो-

हो जायगा।" ॥२०–२२॥ बाहुबलसम्पन्न वे दैत्य ब्रह्माजीका वचन सुनकर देवताओंसे जा मिले और सम्मिलितरूपसे पर्वतके उत्पाटन कार्यमें लिपट गये। तब वह पर्वत उखड़ गया। उसको मन्थनदण्ड बनानेका निश्चय हो गया और हजार वर्ष तक वे उसीमे समुद्रका मन्थन करते रहे। तब अमृत निकला। उसे देखकर दैत्योंका लोभ बढ़ गया, जिससे अमृतको उन्होंने देवताओंसे छीन लिया। धन्वन्तरि, देवी लक्ष्मी, वारुणी मदिरा, कौस्तुभ मणि, निर्मल चन्द्रमा एवं अतिशय सुन्दर उच्चैःश्रवा अश्व निकलनेके बाद अमृत निकला था ॥ २३–२९ ॥ तदनन्तर देवगण अमृतपानके लिए उद्यत हुए तो राहुको निर्देश करके उन्होंने कहा—हमारे बीच कोई दैत्य-दानव तो अमृतपानके लिए नहीं घुसा हुआ है ॥ ३० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यह संकेत पाते ही नारायण युद्धमुद्रामें उठ खड़े हुए और तत्काल उन्होंने अपने चक्रास्त्रसे राहुका सिर काट लिया। तब देवता और सनातन ऋषिगण सदा जिस सुधाका सेवन करते हैं, देवी पृथिवीने ब्रह्मवाक्यसे प्रेरित होकर इन्द्रके हाथसे अमृतका अपहरण कर लिया ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

(बलि-वामनवृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे विप्रवर! भगवान विष्णुके पराक्रमसे परास्त होकर दैत्यों और दानवोंने अपनी शक्तिसे क्या करनेकी इच्छा की? ॥ १ ॥ वैशम्पायनने कहा—हे महाराज! तब दैत्य और दानव अपने पराक्रमसे राज्यशासन करने लगे और देवता तपस्यामें लग गये ॥ २ ॥ राजा जनमेजयने पूछा—हे ब्रह्मन्! ऐश्वर्यशाली तथा इच्छानुसार दान देनेवाले राजा बलिने दीर्घकालतक किस प्रकार यज्ञ किया? ॥ ३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! महाबली और महापराक्रमी दानवश्रेष्ठ बलिने प्रचुर मात्रामें

श्चक्रेण कं तदा ॥ अनिर्मुक्तं पितृगणैर्मुनिभिश्च सनातनैः ॥ ३१ ॥ तदिन्द्रहस्तादमृतं जहार पृथिवी स्वयम् ॥ जगामांकगता देवी ब्रह्मवाक्यप्रचोदिता ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि त्रिंशत्तमोऽध्यायः ॥ ३० ॥

जनमेजय उवाच ॥ निहते दैत्यसंघाते विष्णोश्चातिपराक्रमे ॥ दैतेया दानवेयाश्च किमिच्छन्ति पराक्रमात् ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ दानवा राज्यमिच्छन्ति पराक्रम्य महाबलाः ॥ तप इच्छन्ति सहिता देवाः सत्यपराक्रमाः ॥२॥ जनमेजय उवाच ॥ कथं कालस्य महतो हैरण्यकशिपुस्तदा ॥ यजते ब्रह्मणः क्षेत्रे प्राप्तैश्वर्यः स कामदः ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ यजेद्बहुसुवर्णेन राजसूयेन पार्थिवः ॥ क्रतुना दानवश्रेष्ठो वसुधायां महाबलः ॥ ४ ॥ गङ्गायमुनयोर्मध्ये यद्भूद्विपुलं तपः ॥ समेयुस्तत्र सहिता जयमाने महासुरे ॥ ५॥ ब्राह्मणा वेदविद्वांसो महाव्रतपरायणाः ॥ यतयश्चापरे सिद्धा योगधर्मेण भारत ॥ ६ ॥ मुनयो वालखिल्याश्च धन्या धर्मेण शोषिताः ॥ बहवो हि द्विजा मुख्या नित्या धर्मपरायणाः ॥ ७ ॥ ऋषयश्च महाभागा विप्रैः पूज्याः सहस्रशः ॥ विपुलैरत्र विभावैर्ह्रियमाणैस्ततस्ततः ॥ ८ ॥ शुक्रस्तु सह पुत्रेण दैत्यं याजयते प्रभुः ॥ हैरण्यकशिपुं मध्ये गणानां प्रभवः प्रभुः ॥ ९ ॥ हैरण्कशिपुश्चैव व्याजहार सरस्वतीम् ॥ कामाद्वरं ददातीति तद्वै संप्रतिपद्यताम् ॥ १० ॥ विष्णुर्वामनरूपेण भिक्षां तां प्रतिगृह्णाति ॥ हैरण्यकशिपोर्हस्ताद्वै पदे पदमेव च ॥ ११ ॥ ततः क्रमितुमारेभे विष्णु सत्यपराक्रमः ॥ त्रींल्लोका-

सुवर्णदान करके ऐसा राजसूय यज्ञ आरम्भ किया, जैसा यज्ञ गङ्गा-यमुनाके मध्यवर्ती किसी भी राजाने नहीं किया था। उस महान् असुरका यज्ञ आरम्भ होनेपर व्रतपरायण वेदज्ञ ब्राह्मण, यती, सिद्ध, धर्मकृश सुविख्यात वालखिल्यादि ऋषिगण, धर्मपरायण अन्यान्य मुख्य-मुख्य भूदेवपूज्य ब्राह्मणगण एवं हजारों ऋषिगण जा उपस्थित हुए। विविध दिशाओं और देशोंसे आहृत विपुल वैभव व्यय करके वह महान् यज्ञ होने लगा ॥ ४–८ ॥ अग्नितुल्य तेजस्वी शुक्राचार्य स्वयं अपने पुत्रोंके साथ उपस्थित होकर वह यज्ञ करा रहे थे। उसी समय भगवान् विष्णु वामनका रूप धारण करके वहाँ गये और उन्होंने भिक्षाकी प्रार्थना की। बलिने उनसे कहा—आपकी जो इच्छा हो सो माँगिए। आप जो माँगेंगे, सो दूँगा ॥९॥१०॥ इस प्रकार बलिके स्वीकार करनेपर वामन भगवानने उससे तीन पग भूमि माँगी ॥ ११ ॥ बलिके 'तथास्तु' कहते ही सत्यपराक्रमी वामन भगवान दिव्य रूप धारण अपने तीन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पगके फैलावमें धीरे-धीरे मुनिजनप्रार्थनीय समस्त त्रिलोकीको समेट लिया ॥ १२ ॥ इस प्रकार सारा राज्य भगवान द्वारा हर लिये जानेपर दैत्यगण पातालको चले गये। प्रास, असि, तोमर, यंत्र, लगुड़, ध्वज-पताकायुक्त रथ, चर्म, वर्म, कोष और परश्वध आदि अन्यान्य शस्त्रोंसे सुसज्जित दानवी सेना भी उनके साथ पाताल चली गयी ॥ १३ ॥ १४ ॥ उस समय विष्णुप्रभृति देवताओंने आनन्दित होकर इन्द्रको लोकोंके आधिपत्यपदपर नियुक्त किया ॥ १५ ॥ इन्द्रने तत्काल स्वधामृत द्वारा देवताओंको तृप्त किया और ब्रह्माजीने वह दिव्यामृत महेन्द्रको लौटा दिया। इसी कारण इन्द्र अक्षय और अव्यय हो गये ॥ १६ ॥ उसी समय ब्रह्माजीका शत्रुवित्रासन भयंकर शंख बजने लगा। उस शंखके शब्दको सुनकर समस्त त्रिलोकीको ज्ञात हो गया कि 'इन्द्र देवाधिपत्यपदपर नियुक्त हो गये'। यह जानकर सबको अपार आनन्द हुआ और जाज्वल्यमान अग्निसे जायमान तेजस्वी आग्नेयास्त्र

न्मुनिभिः क्रान्तैर्दिव्यं वपुरधारयन् ॥ १२ ॥ हृतराज्याश्च ते दैत्याः पातालविवरं ययुः ॥ ससैन्यगणसंबद्धाः सप्रासाः सासितोमराः ॥ १३ ॥ सयन्त्रलगुडाश्चैव सपताकारथध्वजाः ॥ सचर्मवर्मकोशाश्च सायुधाः सपरश्वधाः ॥ १४ ॥ तथेन्द्रविष्णुसहिताः सद्यस्तेऽभ्युत्थिता गणाः ॥ अभ्यषिञ्चन्प्रमुदिता लोकानामधिपे सुराः ॥ १५ ॥ स तान्स्वधामृतेनाशु पितृत्वे समतर्पयत् ॥ ब्रह्मा तदमृतं दिव्यं महेन्द्राय प्रयच्छति ॥ अक्षयश्चाव्ययश्चैव संवृतस्तेन कर्मणा ॥ १६ ॥ ततः शङ्खमुपाध्मासीद्द्विषतां लोमहर्षणम् ॥ पितामहकरोद्भूतं जनितृप्रथमे पदे ॥ १७ ॥ तं श्रुत्वा शंखशब्दं तु त्रयो लोकाः समाहिताः ॥ निर्वृतिं परमां प्राप्ता इन्द्रं नाथमवाप्य च ॥ १८ ॥ सर्वैः प्रहरणैश्चैव संयुक्ता वह्निसंभवैः ॥ मन्दराग्रेषु विहितैर्ज्वलद्भिरिव पावकैः ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो महति वृत्तान्ते स्थिते राज्ये महोदये ॥ देवतानां मनुष्याणां सहवासोऽभवत्तदा ॥ १ ॥ एकतः समधीयन्ति सहिताः प्ररुदन्ति च ॥ स्वयं च भागं गृह्णन्ति यज्ञकर्मणि भारत ॥ २ ॥ प्राचेतसं ततो दक्षं दीक्षित्वा वै बृहस्पतिः ॥ वाजिमेधाय भगवानृषिभिः परिवारितः ॥ ३ ॥ तस्मिन्पितामहे यज्ञे दक्षस्याविदितात्मनः ॥ शामित्रमकरोद्रुद्रो भागार्थे सह नन्दिना ॥ ४ ॥ रुद्रस्यैव हि तद्रूपं द्विधाभूतं तदीशया ॥ जातः परमधर्मात्मा नन्दी पुरुषविग्रहः ॥ ५ ॥ तेन योगेन राजेन्द्र यत्तद्ब्रह्म सनातनम् ॥ विहितं सत्यवचनैस्तेनैव परमात्मना ॥ ६ ॥

ले-लेकर लोग हर्ष प्रकट करने लगे ॥ १७-१९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामेकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

(पुष्करके प्रादुर्भावका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार समृद्धिसम्पन्न राज्य स्थापित हो जानेपर देवता और मनुष्य दोनों साथ-साथ रहने लगे ॥ १ ॥ सब लोग साथ बैठकर आत्मतत्त्वपर विचार करते हुए प्रेमके आँसू बहाते थे। उन दिनों देवता स्वयं मनुष्योंके हाथसे अपना भाग लिया करते थे ॥ २ ॥ इसी समय भगवान बृहस्पतिने ऋषियोंसे परिवेष्टित होकर प्राचेतस दक्षप्रजापतिको अश्वमेध यज्ञकी दीक्षा दी ॥ ३ ॥ आत्मज्ञानशून्य दक्षने उस यज्ञमें शंकर भगवानको यज्ञभाग नहीं दिया। अतएव रुद्रदेव अत्यधिक क्रुद्ध हो नन्दीके साथ जाकर पशुप्रकृति दक्षका उच्छेद कर देनेको उद्यत हो गये ॥ ४ ॥ पुरुषशरीरधारी धर्मात्मा नन्दी रुद्रदेवके रूपान्तरमात्र थे। शिवजी अपने ही शरीरके दो भाग

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके उनकी सृष्टि की थी ॥५॥ हे महाराज ! उन परमात्मा रुद्रदेवने ही वेदवाक्यों द्वारा सनातन ब्रह्मका प्रतिपादन किया था। सो अब शंकर भगवानके प्रभावसे अनेक विकटरूपधारी प्राणियोंकी उत्पत्ति हुई। उनमेंसे कितनोंका आकार सुन्दर था और बहुतोंका असुन्दर। कुछके नेत्र भद्दे थे। कितनोंके उदर घड़ेके समान थे। कुछकी आँखें ऊपरकी ओर थीं। कुछका शरीर बौना था। किसीके मस्तकपर शिखा थी और किसीके सिरपर जटा विद्यमान थी। किसी-किसीके तीन नेत्र थे। कुछ देखनेमें बड़े भयानक लगते थे। कुछ शंकुकर्ण थे। किसी-किसीका पहनावा वल्कलवसन था। किसी-किसीके हाथमें कूटमुद्गर विद्यमान था। कुछ प्राणी घण्टा और कुछ मुञ्जमेखलाधारी थे। कुछकी भुजाओंमें आभूषण थे और कुछ स्वर्णकुण्डल धारण किये हुए थे ॥६–९॥ कुछ लोग डिण्डिम, कुछ भेरी, कुछ मृदंग, कुछ वेणु, कुछ लोग शंख और कुछ मुरजधारी थे। कुछके हाथोंमें तालफल विद्यमान था। उसी समय शंकर भगवान स्वयं पिनाक धारण करके उग्रायुधधारी यमराजकी तरह शोभित हुए ॥ १० ॥ ११ ॥ शिवजीने अपने भीषणाकार सेवकोंके साथ दक्षयज्ञमें पहुँचकर उपद्रव मचा दिया। उस समय

सुरूपैश्चाप्यरूपैश्च विरूपाक्षैर्घटोदरैः ॥ ऊर्ध्वनेत्रैर्महाकायैर्विकटैर्वामनैस्तथा ॥ ७ ॥ शिखिभिर्जटिभिश्चैव त्र्यक्षैर्वै शंकुकर्णिभिः ॥ चीरिभिश्चर्मिभिश्चैव कूटमुद्गरपाणिभिः ॥ ८ ॥ सघण्टाधारिभिश्चैव मुञ्जमेखलधारिभिः ॥ सहस्तकटकैश्चैव स्वर्णकुण्डलधारिभिः ॥ ९ ॥ सडिण्डिमैः सभेरीकैः समृदङ्गैः सवेणुभिः ॥ एतैः परिवृतो देवो मखं तं समुपारुजत् ॥१०॥ सशङ्खमुरजैश्चापि सतालफलपाणिभिः ॥ उग्रायुधधरो देवः सपिनाक इवान्तकः ॥ ११ ॥ विरराजार्चिभिर्दीप्तैर्मखे मखवतां वरः ॥ कालाग्निरिव दीप्तार्चिर्जगद्दग्धुमिवोद्यतः ॥ १२ ॥ नन्दी पिनाकपाणिश्च जघ्नतुर्मखमुत्तमम् ॥ युगान्त इव कालाग्निः क्षिप्रं दग्धुमिवोद्यतः ॥१३॥ यूपमुत्क्षिप्य धावन्ति निशाचरगणास्तथा ॥ त्रासयन्मुनिसङ्घांश्च चीरचर्मनिवासिनः ॥ १४ ॥ हवींष्यन्ये पिबन्त्येव जिह्वाभिस्ताम्रलोचनाः ॥ भक्षयन्ति पशूनन्ये रसनान्तावलम्बिभिः ॥ १५ ॥ मुमुचुश्चापरे यूपान्पशवः प्रहरन्ति च ॥ वह्निमन्ये प्रसिञ्चन्ति वारिभिः प्रशमाय च ॥ १६ ॥ सोममन्ये जहुः केचिन्नेत्रैस्ताम्रचयोपमैः ॥ दर्भान्केचिद्विलुम्पन्ति हस्तैः पद्मदलप्रभैः ॥१७॥ बभञ्जिरे च यूपाग्रान्कलशांश्चापि चिक्षिपुः ॥ चिच्छिदुः काञ्चनान्वृक्षाञ्छोभार्थमुपकल्पितान् ॥ १८ ॥ बिभिदुश्चैव बाणैस्ते मुमुचुश्च हिरण्मयान् ॥

उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों प्रदीप्त लपटोंयुक्त प्रलयानल समस्त संसारको भस्म कर देनेके लिए उद्यत हो गया है ॥ १२ ॥ तदनन्तर नन्दी तथा शंकर भगवान दोनोंने उस यज्ञको ध्वस्त करना आरम्भ कर दिया। जैसे प्रलयकालमें कालाग्नि शीघ्र सब कुछ भस्म कर देनेको सन्नद्ध हो ॥१३॥ शंकरजीकी प्रेरणासे वे निशाचर शिवगण यज्ञयूप उखाड़कर चीरचर्मधारी मुनियोंको भयभीत करते हुए इधर-उधर दौड़ने लगे ॥ १४ ॥ कुछ लाल नेत्रोंवाले शिवगण विशाल जिह्वा फैलाकर यज्ञका घृत पीने लगे। कुछ गण पशुओंको पकड़-पकड़कर भक्षण करने और कुछ यज्ञयूप उखाड़कर उन्हींसे पशुओंको मारने लगे। हँसते-हुए कुछ गण अग्निकुण्डमें जल उँड़ेलकर उसकी आग बुझाने लगे ॥१५॥१६॥ ताम्रवर्ण एवं जपाकुसुमके समान लाल नेत्रोंवाले कुछ निशाचर सोमरस तथा कुछ शिवगण पद्मपत्रके सदृश हाथ फैलाकर कुशोंको छितराने लगे ॥ १७ ॥ कुछ शिवगण यूपके अग्रभागको तोड़ने लगे। कुछ कलश उठा-उठाकर फेंकने लगे। कुछ शिवगण शोभाके लिए विरचित काञ्चनमय वृक्षोंको उखाड़ने लगे ॥ १८ ॥ कुछ गण बाणवर्षा करके यज्ञके अधिकारियोंको मारते थे और कुछ स्वर्णराशिको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इधर-उधर छितरा रहे थे। कुछने यज्ञपात्रोंको गायब कर दिया और कुछ शिवगणोंने यज्ञीय अरणीको मथ डाला ॥ १९ ॥ उन शिवगणोंने यज्ञके प्राग्वंशको तोड़ दिया और पुरोडाश खा गये। अपने नखाग्रसे उन्होंने बहुतेरे लोगोंको विदीर्ण कर दिया ॥ २० ॥ उन गणों द्वारा इस प्रकार ध्वस्त वह महायज्ञ विक्षुब्ध सागरके समान बड़ी जोरसे चीत्कार करके रुदन करने लगा ॥२१॥ उसी समय महादेवजीने, पूर्वकालमें ब्रह्माजीने जो धनुष प्रदान किया था, उसी कीचकवंशनिर्मित धनुषपर बाण चढ़ाकर अपनी जंघापर रक्खा और उसीके द्वारा यज्ञपर प्रहार कर दिया ॥ २२ ॥ २३ ॥ बाणविद्ध यज्ञ भूलोकमें अपने निस्तारका कोई उपाय न देखकर चिल्लाता हुआ मृगरूप धारण करके आकाशमार्गसे भागा और भागते-भागते ब्रह्माजीके पास जा पहुँचा ॥ २४ ॥ २५ ॥ तब ब्रह्माजीने गम्भीर और सुमधुर स्वरमें उसे सम्बोधित करके कहा—हे यज्ञ ! तुम आनतपर्व त्रिवर्ण शरपातसे पराजित हुए हो। इसी मृगरूपसे

लुलुपुश्चैव पात्राणि ममन्थुश्चारणीमपि ॥ १९ ॥ अजरुश्चैव प्राग्वंशं लुलुपुश्च समाहिताः ॥ चखादिरे पुरोडाशान्नखाग्रैश्चाववर्त्तिरे ॥ २० ॥ एवं
दिवा च रात्रौ च भिद्यमानो महामखः ॥ चुक्रोश च महानादान्भिद्यमान इवार्णवः ॥ २१ ॥ धनुः सशरमादाय पूर्वदत्तं स्वयंभुवा ॥ कृतं कीच-
कवेणुभ्यां समरे सुमहारथः ॥२२॥ प्रतिगृह्य महादेवः स शरैः समयोजयत् ॥ धनुर्विगृह्य जानुभ्यां जघान स महाक्रतुम् ॥२३॥ स विद्धस्तेन बाणेन
खं समुत्पतितः क्रतुः ॥ मृगो भूत्वा नर्दमानो ब्रह्माणमुपधावति ॥ २४ ॥ शरेणाभिहतस्त्राणं न लेभे स सुखं भुवि ॥ शरणार्थी ह्ययं प्राप्तः शरेणा-
न्तर्गतेन च ॥ २५ ॥ तमुवाच मृगं ब्रह्मा शुभं सानुनयं वचः ॥ स्वरेणोत्तमवीर्येण गम्भीरेण सुभाषिणा ॥ एवंरूपो नभसि त्वं भविष्यसि महामृगः
॥ २६ ॥ विजितश्च त्रिपर्वेण शरेणानतपर्वणा ॥ तिष्ठन्नक्षत्रशिरसि सह रुद्रेण नित्यशः ॥ २७ ॥ सोमेन सह संयुक्तो ह्यक्षयेणाव्ययेन च ॥ दिवि
संचारभूतो वै ताराभिः सह संगतः ॥ २८ ॥ ज्योतिर्भूतो ज्योतिषां त्वं ध्रुवश्चैव महाध्रुवः ॥ यच्चैतद्रुधिरं दिव्यं क्षतजादभिनिःसृतम् ॥ २९ ॥
नभस्युत्पतितं चैव प्रवेगेन प्रधावतः ॥ क्षतजं बहुवर्णं च चेत्रं मण्डलसंज्ञितम् ॥ निमित्तभूतं भूतानां वर्षे वर्षप्रदं तथा ॥ ३० ॥ सुखं दुःखं च
भूतानां दर्शने संप्रवर्त्तते ॥ इन्द्रियश्रवणाच्चैव नभसीन्द्रायुधोऽभवत् ॥ ३१ ॥ चक्षुषी मानुषे राजन्विस्मयात्समवैक्षत ॥ अद्भुतं बहुचित्रं च मनसा
संप्रकल्पितम् ॥ ३२ ॥ न तु रात्रौ प्रदृश्येत खे सब्रह्मणि संज्ञितम् ॥ दिनस्यैव सदा त्वग्रे महाकार्यं प्रदृश्यते ॥३३॥ भूमावेव समुत्तिष्ठेदाकाशे तु

सब नक्षत्रोंमें श्रेष्ठ मृगशिरा नक्षत्र बनकर शिवजीके साथ नित्य नभमण्डलमें निवास करो ॥ २६ ॥ २७ ॥ वहाँ ही तुम्हें सोमदैवत्य पद प्राप्त होगा और अन्यान्य तारागणोंके साथ तुम वहाँ बड़े आनन्दपूर्वक विचरण कर सकोगे ॥ २८ ॥ तुम समस्त नक्षत्रोंमें महाध्रुव होकर निवास करोगे। पूर्ण वेगसे दौड़ते समय तुम्हारे घावसे जो रुधिर आकाशमें उड़ा है, वह बहुरंगे इन्द्रधनुषके नामसे विख्यात होगा। वर्षाकालमें इन्द्रधनुष ही वृष्टिद्योतक होगा ॥ २९ ॥ ३० ॥ इन्द्रधनुषका दर्शन करके लोग अपने सुखदुःखका विचार करेंगे। आजसे लोग विस्मयविकसित नयनोंसे यह अद्भुत इन्द्रधनुष देखेंगे। किन्तु सायंकालके समय ही वह दृष्टिगोचर होगा—रात्रिको नहीं ॥३१–३३॥ यह भूमिसे उत्पन्न होगा और आकाशमें विलीन हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जायगा। उधर दक्षपक्षीय हजारों धनुर्धारी योद्धा शंकर भगवानके भयसे भागने लगे और पिनाकपाणि नन्दी रुद्रगणोंके साथ वहाँ जम गये। उन्हें देखकर ऐसा बोध होने लगा कि
मानो प्रलयकालमें प्रचण्ड ब्रह्मदण्ड उपस्थित हो गया हो ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उसी समय महाबाहु विष्णुभगवान यत्नपूर्वक एक हाथमें विशाल शार्ङ्ग धनुष, एक हाथमें सुदर्शन
चक्र, एक हाथमें घण्टायुक्त गदा एवं एक हाथमें खड्ग धारण किया। इन आयुधोंसे विभूषित होकर विष्णुभगवान शंकरजीके समक्ष खड़े हो गये ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ उनकी भुजाओंमें
पर्वतशिखरसदृश विशाल धनुष, असाधारण शङ्ख एवं आनतपर्व बाण विद्यमान थे ॥ ३८ ॥ तदनन्तर गोधाचर्मनिर्मित अंगुलित्राण धारण करके जब वे खड़े हुए तो ऐसा लगा कि
मानो सजल जलधरके बीच चन्द्रमा विराजमान हों ॥ ३९ ॥ अग्निके समान तेजस्वी आदित्य तथा वसुगण सभी प्रकारके दिव्यास्त्र धारण करके विष्णुभगवानके चारों ओर खड़े हो गये

विलीयते ॥ शतशश्च समं सर्वे प्रधावन्ति प्रचेतसः ॥ ३४ ॥ भयाद्रुद्रस्य महतो धन्विनो बाणपाणयः ॥ नन्दी रुद्रगणैः सार्द्धं पिनाकी समति-
ष्ठत ॥ युगान्तकाले ज्वलितो ब्रह्मदण्ड इवोद्यतः ॥३५॥ विष्णुसंग्रामसंभूतं प्रगृह्य विपुलं धनुः॥ प्रातिष्ठत महाबाहुः पाणिना चक्रमादधत् ॥३६॥
गदां सघण्टामन्येन खड्गमन्येन पाणिना ॥ प्रगृह्य सोऽग्रतोऽतिष्ठद्रुद्रायोद्यतपाणये ॥ ३७ ॥ ततः शृङ्गाग्रसंभूतं प्रगृह्य विपुलं धनुः ॥ शङ्खं चाप्र-
तिमं लोके शरांश्चानतपर्वणः ॥ ३८ ॥ विष्णुरग्रस्थितो भाति सबलः संहताञ्जलिः ॥ बद्धगोधाङ्गुलित्राणः सचन्द्र इव तोयदः ॥३९॥ आदित्या
वसवश्चैव दिव्यैः प्रहरणैः सह ॥ विष्णुमेवाभितः सर्वे तिष्ठन्ति ज्वलनप्रभाः ॥ ४० ॥ मरुतश्चैव विश्वे च रुद्रमेवाभिपेदिरे ॥ गन्धर्वाः किन्नराश्चैव
नागा यक्षाः सपन्नगाः ॥ ४१ ॥ ऋषयो न्यस्तदण्डाश्च उभयोः पक्षयोर्हिताः ॥ जपन्ति शान्तये नित्यं लोकानां हितकाम्यया ॥ ४२ ॥ शरेण हत-
वान्रुद्रो विष्णुमेवाग्रणी रणे ॥ हृदि सर्वाङ्गसंधीषु तीक्ष्णाग्रेण सुयन्त्रिणा ॥ ४३ ॥ न चकम्पे तदा विष्णुः सर्वात्मा ब्रह्मसंभवः ॥ न च रोषमना
नित्यं वृतः सर्वैः षडिन्द्रियैः ॥ ४४ ॥ विष्णुश्च धनुरानम्य शरेण समयोजयत् ॥ जत्रुदेशे मुमोचाशु ब्रह्मदण्डमिवोद्यतम् ॥४५॥ स विद्धस्तेन बाणेन
महादेवो न कम्पते ॥ वज्रेण च महासंधिर्मन्दरस्य न चाल्यते ॥४६॥ ततः प्रसभमाप्लुत्य रुद्रं विष्णुः सनातनम् ॥ कण्ठे जग्राह भगवान्नीलकण्ठ-

॥ ४० ॥ मरुद्गण और विश्वेदेवगण शंकरभगवानके पक्षमें जा मिले। गन्धर्वगण, किन्नरगण, नागगण, यक्षगण, पन्नगगण एवं नरपतिगण, ये लोग न विष्णुके पक्षमें सम्मिलित हुए
और न तो शिवजीके पक्षमें मिले। बल्कि ये सब दोनों पक्षों तथा सारी त्रिलोकीके कल्याणका प्रयत्न करते रहे ॥४१॥४२॥ सर्वप्रथम रुद्रदेवने भगवान विष्णुके हृदय तथा सब सन्धियोंमें
अपने तीक्ष्णधार बाणका प्रहार किया ॥ ४३ ॥ किन्तु सर्वात्मा एवं सब प्राणियोंके मूल कारण भगवान विष्णु उस प्रहारसे तनिक भी विचलित नहीं हुए और उनके मनमें कुछ रोषका
भी संचार नहीं हुआ ॥ ४४ ॥ तदनन्तर उन्होंने अपने धनुषपर प्रत्यंचा चढ़ाकर ब्रह्मदण्डके समान भीषण बाणका सन्धान किया और उससे शंकरजीके जत्रुदेशपर प्रहार कर दिया ॥४५॥
वज्रास्त्रका प्रहार होनेपर मन्दराचलका भी मर्म विदीर्ण हो गया था, किन्तु उस वज्रतुल्य बाणके आघातसे महादेवजी तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ ४६ ॥ यह देखकर विष्णुभगवान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहसा उछलकर शङ्करजीके गलेसे लिपट गये। शिवजीके श्वेत शरीरपर विष्णु भगवानके लिपट जानेसे शङ्करजी नीलकण्ठ हो गये ॥ ४७ ॥ तदनन्तर महादेवने नारायणको सम्बोधित करके कहा—हे देव ! आप अनादि, अनन्त और क्षमाशील हैं। आप जीवोंकी सभी विद्याओंके उपदेशक और निदात्मा हैं। आपके द्वारा संसारमें कितने पदार्थोंकी सृष्टि हुई है, उसकी कोई इयत्ता नहीं है। आप समस्त पदार्थोंमें श्रेष्ठ हैं। अतएव आप मुझे क्षमा करिए। हे महाराज ! जो स्वयं कर्ता होते हुए भी अन्तर्यामीरूपसे जीवगणोंके शरीरमें रहकर सबको कार्यमें प्रवृत्त करते हैं, वे नारायण ही सब जीवोंके प्रभु हैं ॥ ४८–५० ॥ उसी समय आकाशमें सिद्धगणोंके मुखसे इस प्रकार आश्चर्यभरे वाक्य सुनायी पड़े—हे सनातन देव ! आपको नमस्कार है ॥ ५१ ॥ इधर रुद्रदेवसे उत्पन्न नन्दी क्रोधान्ध हो और धनुष चढ़ाकर ज्यों ही भगवान विष्णुके मस्तकपर प्रहार करनेको उद्यत हुए, त्यों ही भगवान उन्हें देखकर बड़ी जोरसे हँसे। उनकी इस हँसीसे नन्दी अवाक् तथा स्तब्ध हो गये ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ वे नारायण ब्रह्मतुल्य तेजके प्रभावसे देदीप्यमान हो उठे, किन्तु अपने क्षमागुणसे वे स्थाणुकी

स्ततोऽभवत् ॥ ४७ ॥ अनादिनिधनो देवः क्षमतां हि भवान्मम ॥ सर्वभूतागमाचार्यमचलत्वाच्च कर्मणाम् ॥ ४८ ॥ कर्मणां चैव कर्ता च विकर्ता चैव भारत ॥ अशेषत्वाच्च भूतानां सर्वभूतेषु चोत्तमः ॥ ४९ ॥ सर्वमेव हि यत्कर्म विधत्ते कर्मयोनिषु ॥ तयोः शुभतमो राजन्स्वयमेव तथाऽकरोत् ॥ ५० ॥ अन्तरिक्षाच्छुभा वाचः श्रूयन्ते परमाद्भुताः ॥ सिद्धानां वदनोन्मुक्ताः सनातन नमोऽस्तु ते ॥ ५१ ॥ नन्दी पिनाकमुद्यम्य बलवान्रुद्रसंभवः ॥ मूर्द्धन्यभिजघानाजौ विष्णुं क्रोधेन मूर्छितः ॥ ५२ ॥ ततः प्रहसितो विष्णुर्नन्दीं दृष्ट्वा सुरोत्तमः ॥ स्तम्भयामास भगवान्सर्वभूतपतिर्हरिः ॥ ५३ ॥ विष्णुर्ब्रह्मसमो भूत्वा तेजसा प्रज्वलन्निव ॥ क्षमया च समायुक्तः स्थितः स्थाणुरिवाचलः ॥ ५४ ॥ अचिन्त्यश्चाप्रमेयश्च ह्यजेयश्चाप्यरिन्दमः ॥ युगान्ताग्निसमो भूत्वा शान्तात्मा हरिरव्ययः ॥ ५५ ॥ प्रसन्नः कल्पयामास भागं रुद्राय धीमते ॥ विष्णुर्धर्मपरो नित्यं त्यक्तकामः सुरोत्तमः ॥ ५६ ॥ विष्णुना चैव राजेन्द्र स यज्ञः संधितः पुनः ॥ यथापक्षं च ते सर्वे गणास्त्वासन्महीपते ॥ तस्मिन्युद्धे महाघोरे विष्णूरुद्रस्य चैव हि ॥५७॥ यथापक्षं भवेद्युद्धं दक्षयज्ञविनाशने ॥ विनाशश्चैव यज्ञस्य तदा लोके प्रतिष्ठितः ॥५८॥ सर्वभूतेषु राजेन्द्र हितो यज्ञः सनातनः ॥ दक्षो यज्ञफलं चैव प्राप्तवान्स प्रजापतिः ॥५९॥ इमां चोदाहृतां दिव्यां कथामिति स बुद्धिमान् ॥ श्रावयेद्यस्तु विप्रेभ्यः शुचिः प्रयतमानसः

तरह अचल तथा अटलभावसे अपने स्थानपर खड़े रह गये ॥५४॥ वे अचिन्त्य, अप्रमेय, अजेय तथा शान्तस्वभाव नारायण जब इस प्रकार स्थिर भावसे खड़े हुए तो ऐसा लगा कि मानो प्रज्वलित प्रलयाग्नि निश्चल होकर खड़ा हो ॥ ५५ ॥ तदनन्तर निष्काम देवश्रेष्ठ नारायणने प्रसन्न होकर यज्ञमें रुद्रदेवके लिए यज्ञभाग नियत किया ॥ ५६ ॥ उनके ऐसा करनेसे छिन्न-भिन्न यज्ञसन्धियाँ पुनः संयोजित हो गयीं। भगवान विष्णु तथा महादेवजीका युद्ध आरम्भ होनेके समय सैनिकोंमेंसे जो जिसके पक्षमें था, उसने उसी पक्षमें रहकर युद्ध किया ॥ ५७ ॥ वह युद्ध संसारमें दक्षयज्ञनाशक संग्रामके नामसे विख्यात हुआ ॥ ५८ ॥ यज्ञ त्रिलोकहितकारी एक सनातन कृत्य है। अतः प्रजापति दक्षने अन्तमें अपने अनुष्ठित यज्ञका फल पा लिया ॥ ५९ ॥ हे महाराज ! यही भगवान नारायणके पुष्करप्रादुर्भावका इतिहास है। महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यासने पुराणोंमें जैसा वर्णन किया है, मैंने आनुपूर्विक रूपसे वह समस्त वृत्तान्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कह सुनाया । जो बुद्धिमान् व्यक्ति पवित्र तथा सावधान मनसे ब्राह्मणोंके सम्मुख यह दिव्य कथा कहता है, वह समग्र अध्यात्मविषयका ज्ञान प्राप्त करके देवलोकमें पूजित होता है ॥ ६०–६२ ॥ उनके अतिरिक्त जो श्रोता श्रद्धाके साथ पुराणपुरुष नारायणके इस आश्चर्यजनक वृत्तान्तको सुनता है, वह इहलोकमें अभिलषित सुख भोगकर परलोकमें स्वर्गसुख भोगता है ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३२ ॥

(वाराह भगवानके अवतारका वृत्तान्त) राजा जनमेजय बोले—हे विप्रवर ! मैंने पुराणोंमें वर्णित अमित तेजस्वी भगवान विष्णुके अवतारोंके कथाप्रसंगमें साधुजनोंके श्रीमुखसे वाराह-अवतारकी कथा सुनी है ॥१॥ किन्तु मैंने भलीभाँति यह नहीं जान पाया कि उन वाराहभगवानका कैसा कार्य था, कैसी व्यवस्था थी, वाराह अवतार धारण करनेका क्या कारण

॥६०॥ अधीत्य सर्वमध्यात्मं देवलोके महीयते ॥ एष पौष्करको नाम प्रादुर्भावो महात्मनः ॥६१॥ पुराणे पौष्करे चैव मया द्वैपायनेरितः ॥ यथावदनुपूर्वेण संस्कृतः परमर्षिभिः ॥६२॥ यश्चैनमग्र्यं पुरुषं पुराणं सदाऽप्रमत्तः शृणुयाद्यथोक्तम् ॥ अवाप्य कामानिह वीतशोकः परत्र च स्वर्गफलानि भुंक्ते ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३२ ॥

जनमेजय उवाच ॥ प्रादुर्भावः पुराणेषु विष्णोरमिततेजसः ॥ सतां कथयतां विप्र वाराह इति च श्रुतः ॥ १ ॥ न जाने तस्य चरितं न विधिं नैव विस्तरम् ॥ न कर्म गुणवद्भावं न हेतुं न मनीषितम् ॥ २ ॥ किमात्मको वराहोऽसौ का मूर्तिः काऽस्य देवता ॥ किमाचारः किंप्रभावः किं वा तेन पुरा कृतम् ॥ ३ ॥ एतन्मे संशयत्वेन वाराहं श्रुतिविस्तरम् ॥ यज्ञार्थं च समेतानां द्विजातीनां महात्मनाम् ॥ ४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतत्ते कथयिष्यामि पुराणं ब्रह्मसंमितम् ॥ नानाश्रुतिसमायुक्तं कृष्णद्वैपायनेरितम् ॥ महावराहचरितं कृष्णस्याद्भुतकर्मणः ॥ ५ ॥ यथा नारायणो राजन्वाराहं वपुरास्थितः ॥ दंष्ट्रया गां समुद्रस्थामुज्जहारारिसूदनः ॥ ६ ॥ छान्दसीभिरुदाराभिः श्रुतिभिः समलंकृतः ॥ शुचिः प्रयत्नवान्भूत्वा निबोध जनमेजय ॥ ७ ॥ इदं पुराणं परमं पुण्यं वेदैश्च संमितम् ॥ नानाश्रुतिसमायुक्तं नास्तिकाय न कीर्त्तयेत् ॥ ८ ॥ पुराणमेतदखिलं सांख्यं योगं तथैव च ॥ कार्त्स्न्येन विधिना प्रोक्तं योऽस्यार्थं ज्ञास्यते पुमान् ॥ ९ ॥ विश्वेदेवास्तथा साध्या रुद्रादित्यास्तथाऽश्विनौ ॥ प्रजानां पतयश्चैव सप्त

था, उनकी कैसी मनीषिता थी, उन्होंने कौन-कौनसे कार्य किये, वे यज्ञमय थे या योगमय, उनका शरीर कैसा था, उनकी अधिष्ठात्री देवी कौन थी, उनका आचार और प्रभाव कैसा था और पूर्वकालमें उन्होंने कौन-कौन कार्य किये थे, यह सब मैं कुछ भी नहीं जानता । अतएव यज्ञके उपलक्ष्यमें उपस्थित ब्राह्मणोंके समक्ष वराहचरित्रको आप विस्तृतरूपसे बताइए ॥२–४॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पूर्वकालमें महात्मा विष्णुभगवानने वराहरूप धारण करके अपने दाँतों द्वारा जिस प्रकार रसातलगता पृथिवीका उद्धार किया था । जो महावराहचरित अति उदार एवं वेद-शास्त्र द्वारा अलंकृत है, महात्मा विष्णुके उस पुरातन वराहचरितके विषयका मैं कीर्तन कर रहा हूँ । आप शुद्ध और संयतेन्द्रिय होकर श्रवण करिए । श्रुतिसम्पन्न यह परम पवित्र तथा पुरातन कथा नास्तिकोंसे कदापि न कहनी चाहिए ॥५–८॥ क्योंकि विद्वान् व्यक्तियोंने इस पुरातन नारायणचरित्रको सांख्ययोगका स्वरूप कहा है। इसका तात्पर्य समझनेमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समर्थ व्यक्ति ही वास्तविक मनुष्य होते हैं ॥ ९ ॥ विश्वेदेवगण, साध्यगण, आदित्यगण, दोनों अश्विनीकुमार, सातों प्रजापति, सप्तमहर्षि, मानस महर्षि, वसुगण, अप्सरागण, गन्धर्वगण, यक्षगण, राक्षसगण, दैत्यगण, पिशाचगण, नागगण, विविध भूतगण, ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तथा शूद्रगण, चतुष्पाद जीवगण, तिर्यग्योनिगत जीवगण तथा अन्यान्य जङ्गम जीव ये सब उसके आत्मास्वरूप हैं ॥१०–१३॥ सहस्रयुग पूर्ण होनेपर ब्रह्मदिवसके साथ-साथ जब समस्त जीव समाप्त हो जाते हैं और जब वज्रपातादि बड़े बड़े उत्पात दृष्टिगोचर होने लगते हैं, उस समय विष्णु भगवान त्रिशिख अग्निका रूप धारण करके अग्नि वायु और सूर्यरूप तीन शिखायें विस्तृत करके जीवोंका शोषण कर लेते हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ उसी समय वेद, वेदाङ्ग, उपनिषद् और इतिहासप्रभृति सभी विद्यायें तथा सारा धर्म-कर्म उस तेजसे दग्ध तथा विवर्ण होकर तैंतीस करोड़ देवताओंके साथ चतुर्मुख ब्रह्माजीको अगुआ बनाकर अक्षर

चैव महर्षयः ॥ १० ॥ मनःसंकल्पजाश्चैव पूर्वजाश्च महर्षयः ॥ वसवोऽप्सरसश्चैव गन्धर्वा यक्षराक्षसाः ॥ ११ ॥ दैत्याः पिशाचा नागाश्च भूतानि विविधानि च ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा म्लेच्छादयो भुवि ॥ १२ ॥ चतुष्पदानि सर्वाणि तिर्यग्योनिगतानि च ॥ जङ्गमानि च सत्त्वानि यच्चान्यज्जीवसंज्ञितम् ॥ १३ ॥ पूर्णे युगसहस्रान्ते ब्राह्मेऽहनि तथाऽऽगते ॥ निर्वाणे सर्वभूतानां सर्वोत्पातसमुद्भवे ॥ १४ ॥ हिरण्यरेतास्त्रिशिखस्ततो भूत्वा वृषाकपिः ॥ शिखाभिर्विधमँल्लोकान्संशोषयति देहिनः ॥ १५ ॥ दह्यमानास्ततस्तस्य तेजोराशिभिरग्रतः ॥ विवर्णवक्त्रा दग्धांगा हतार्चिष्मद्भिराननैः ॥ १६ ॥ सांगोपनिषदा वेदा इतिहासपुरोगमाः ॥ सर्वविद्याश्रयाश्चैव सत्यधर्मपरायणाः ॥ १७ ॥ ब्रह्माणमग्रतः कृत्वा छन्दतो विश्वतोमुखम् ॥ सर्वे देवगणाश्चैव त्रयस्त्रिंशच्च कोटयः ॥ १८ ॥ तस्मिन्नहनि संप्राप्ते तं हंसं महदक्षरम् ॥ प्रविशन्ति महायोगं हरिं नारायणं प्रभुम् ॥ १९ ॥ तेषां भूयः प्रविष्टानां निधनोत्पत्तिरुच्यते ॥ यथा सूर्यस्य सततमुदयास्तमयाविह ॥ २० ॥ पूर्णे युगसहस्रान्ते कल्पो निःशेष उच्यते ॥ तस्मिञ्जीवकृतं सर्वं निःशेषमवतिष्ठते ॥ २१ ॥ संहृत्य लोकान्सर्वान्स सदेवासुरपन्नगान् ॥ कृत्वात्मगर्भे भगवानास्त एको जगद्गुरुः ॥ २२ ॥ यः स्रष्टा सर्वभूतानां कल्पान्तेषु पुनः पुनः ॥ अव्यक्तः शाश्वतो देवस्तस्य सर्वमिदं जगत् ॥ २३ ॥ नष्टार्ककिरणे लोके चन्द्ररश्मिविवर्जिते ॥ त्यक्तभूताग्निपवने क्षीणयज्ञवषट्क्रिये ॥ २४ ॥ अपक्षिगणसंघाते सर्वप्राण्यचरे पथि ॥ अमर्यादाकुले रौद्रे सर्वतस्तमसा वृते ॥ २५ ॥ अदृश्ये सर्व-

हंसनामक नारायणके इच्छानुसार उनके शरीरमें विलीन हो जाते हैं ॥१६–१९॥ किन्तु हे महाराज! जैसे सूर्यभगवान नित्य उदय-अस्त होते रहते हैं, उसी प्रकार समस्त सृष्टिके पदार्थ एक बार भगवानके शरीरमें प्रविष्ट होकर पुनः उत्पन्न हो जाते हैं ॥ २० ॥ सहस्र युग समाप्त होनेपर एक कल्पका अन्त हो जाता है। उसका अन्त होनेपर जीवोंके सब कर्मोंका भी अन्त हो जाता है ॥ २१ ॥ उस समय एकमात्र वे ही जगद्गुरु देवता, असुर तथा पन्नगोंके साथ समस्त जीवोंको अपने उदरमें समेटकर अकेले विराजमान रहते हैं ॥२२॥ जो सब प्राणियोंके स्रष्टा, अव्यक्त और शाश्वत देव हैं; वे ही बारम्बार इस जगत्का संहार और सृष्टि करते रहते हैं ॥२३॥ जब सूर्यरश्मियाँ तिरोहित और चन्द्रकिरणें नष्ट हो जाती हैं, जब धूम, अग्नि, वायु, यज्ञ तथा वषटकारके शब्दका नाम भी शेष नहीं रह जाता, जब पशु-पक्षी प्रभृति प्राणियोंका संचार भी लुप्त हो जाता है, जब घोरतर अन्धकारके सिवाय और कुछ भी विद्यमान नहीं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रह जाता, जब सभी जीव अदृश्य हो जाते हैं और जब कर्मकाण्ड तथा वैरभाव लुप्त हो जाता है ॥ २५-२६ ॥ जब सब कुछ प्रकृतिमें विलीन हो जाता है, तब पीताम्बरधारी, लोहितनेत्र, मेघसदृश तथा सहस्रशिखाविराजित जटाभारधारी एकमात्र परमेष्ठी भगवान् हृषीकेश शयनका उपक्रम करते हैं। उनके वक्षःस्थलपर श्रीवत्समणि और पवित्र रक्त चन्दन सुशोभित रहता है। अतएव वे उस समय विद्युद्विमण्डित मेघसदृश सुन्दर लगते हैं। उस समय उनके गलेमें सहस्रदल कमलकी माला पड़ी रहती है और महारानी लक्ष्मी भी उस समय उनके शरीरमें प्रविष्ट होकर शयन करती हैं ॥२७-३०॥ अमित पराक्रमी एवं सर्वलोकपितामह विष्णुभगवान इस प्रकार अति आश्चर्यमय तथा अनिर्वचनीय निद्रायोग प्राप्त करके सहस्र वर्षतक शयन करते रहते हैं ॥३१॥ तदनन्तर सहस्रयुग पूर्ण होनेपर वे स्वयं पुनः जागृत हो जाते हैं। जागृत होते ही उनके मनमें फिर लोकोंकी सृष्टिका विचार उत्पन्न हो जाता है। तब वे वाणीपति

लोकेऽस्मिन्नभावे सर्वकर्मणाम् ॥ प्रशान्ते सर्वसंपाते नष्टे वैरपरिग्रहे ॥ २६ ॥ गते स्वभावसंस्थानं लोके नारायणात्मके ॥ परमेष्ठी हृषीकेशः शयनायोपचक्रमे ॥ २७ ॥ पीतवासा लोहिताक्षः कृष्णजीमूतसन्निभः ॥ शिखासहस्रविकचं जटाभारं समुद्वहन् ॥ २८ ॥ श्रीवत्सकलिलं पुण्यं रक्तचन्दनभूषितम् ॥ वक्षो बिभ्रन्महाबाहुः सविद्युदिव तोयदः ॥ २९ ॥ पुण्डरीकसहस्रस्य मालाऽस्य शुशुभे तदा ॥ पत्नी चैव स्वयं लक्ष्मीर्देहमावृत्य तिष्ठति ॥ ३० ॥ ततः स्वपिति धर्मात्मा सर्वलोकपितामहः ॥ किमप्यमितविक्रान्तो निद्रायोगमुपागतः ॥ ३१ ॥ ततो वर्षसहस्रे तु पूर्णे स पुरुषोत्तमः ॥ स्वयमेव विभुर्भूत्वा बुध्यते विबुधाधिपः ॥ ३२ ॥ ततश्चिन्तयते भूयः सृष्टिं लोकस्य लोककृत् ॥ पितृदेवासुरनरान्पारमेष्ठ्येन कर्मणा ॥३३॥ ततश्चिन्तयतः कार्यं देवेषु समितिञ्जयः ॥ संभवं सर्वलोकस्य विदधाति स वाक्पतिः ॥ ३४ ॥ कर्ता चैव विकर्ता च संहर्ता च प्रजापतिः ॥ धाता विधाता च तथा संयमो नियमो यमः ॥ ३५ ॥ नारायणपरा देवा नारायणपराः क्रियाः ॥ नारायणपरो यज्ञो नारायणपरा श्रुतिः ॥ ३६ ॥ नारायणपरो मोक्षो नारायणपरा गतिः ॥ नारायणपरो धर्मो नारायणपरः क्रतुः ॥ ३७ ॥ नारायणपरं ज्ञानं नारायणपरं तपः ॥ नारायणपरं सत्यं नारायणपरं पदम् ॥ नारायणपरो देवो न भूतो न भविष्यति ॥ ३८ ॥ स्वयंभूरिति विज्ञेयः स ब्रह्मा भुवनाधिपः ॥ स वायुरिति विज्ञेय एष यज्ञः सनातनः ॥ ३९ ॥ सदसच्च स विज्ञेयः स यज्ञः स प्रजाकरः ॥ यद्वेदितव्यं त्रिदशैस्तदेष परिविन्दति ॥ ४० ॥ यच्च वेद्यं भग-

भगवान जागते हैं और अपनी अनन्त महिमाके प्रभावसे देवता असुर तथा मनुष्य प्रभृति सभी प्राणियोंकी सृष्टि करते हैं ॥ ३२-३४ ॥ एकमात्र वे ही कर्ता, विकर्ता, संहर्ता, धाता, विधाता, नियम, यम और संयमस्वरूप हैं ॥ ३५ ॥ सभी देवता, सभी कार्यकलाप, यज्ञ, श्रुति, मोक्ष, गति, ज्ञान, तपस्या, सत्य तथा धर्म ये सब एकमात्र नारायणके अधीन रहते हैं ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ सब पद उन्हींके अधीन रहते हैं। अतएव उनसे बढ़कर कभी न कोई देवता न हुआ है और न होगा ॥ ३८ ॥ वे ही स्वयम्भू, ब्रह्मा, भुवनाधिपति, वायु, यज्ञ, प्रजापति, सत्, असत् और वे ही प्रजापतिके उत्पादक हैं। देवगण जो चाहते हैं, उनकी कामना वे भगवान ही पूर्ण करते हैं। भगवान नारायणके विषयमें जो ज्ञातव्य बात है, उसे देवता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं जान पाते। सभी प्रजापति, राजर्षि अथवा देवगण कोई भी उनका अन्त नहीं पा सका। इसी कारण लोग उन्हें अनंत कहते हैं। फलतः उनके प्रकृत रूपको देवता भी नहीं जान पाते ॥ ३९–४२ ॥ अवतारके समय भगवानका जो स्वरूप लक्षित होता है, वे केवल उसी स्वरूपकी अर्चना भर करते हैं। भगवान अपना जो स्वरूप दिखाते हैं, देवता उनके उसी रूपका दर्शन पाते हैं। जिस रूपको वे नहीं दिखाना चाहते तो देवता भी उस स्वरूपका अनुसन्धान नहीं कर सकते ॥ ४३ ॥ वे भगवान सब जीवोंसे श्रेष्ठ हैं। उन्हींके द्वारा प्राणियोंमें जठराग्नि तथा प्राणवायुका संचार होता है। वे तेज, तप तथा अमृतके निधान हैं। वे चारों प्रकारके आश्रमधर्मोंका चातुर्होत्र फल भोगते हैं। चारों समुद्र उनकी सीमा हैं। उन्हींके द्वारा चारों युगोंका आवागमन होता है ॥४४॥४५॥ अन्तमें वे महायोगी नारायण इस जगत्का संहार करके इसे अपने गर्भमें प्रविष्ट कर लेते हैं और सहस्रवर्षके अनन्तर एक अण्डका प्रसव करते हैं। तत्पश्चात् उसी अण्डसे सुर, असुर, ब्राह्मण, सर्प, अप्सरा, महौषधि, पर्वत, यक्ष, गुह्यक, श्रुतिधर तथा राक्षसोंसे परिपूर्ण यह जगत् उत्पन्न होता है ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ इति

वतो देवा अपि न तद्विदुः ॥ प्रजानां पतयः सप्त ऋषयश्च सहामरैः ॥ ४१ ॥ नास्यान्तमधिगच्छन्ति ततोऽनन्त इति श्रुतिः ॥ यदस्य परमं रूपं यत्र पश्यन्ति देवताः ॥ ४२ ॥ प्रादुर्भावेषु संभूतं यत्तदर्चन्ति देवताः ॥ यन्न दर्शितवान्देवः कस्तदन्वेष्टुमर्हति ॥ ४३ ॥ ग्रामणीः सर्वभूतानामग्निमारुतयोर्गतिः ॥ तेजसस्तपसश्चैव निधानममृतस्य च ॥ ४४ ॥ चतुराश्रमवर्णेषु चातुर्होत्रफलाशनः ॥ चतुःसागरपर्यन्तश्चतुर्युगविवर्तकः ॥४५॥ तदेष संहृत्य जगत्कृत्वा गर्भस्थमात्मनः ॥ मुमोचाण्डं महायोगी धृतं वर्षसहस्रिकम् ॥४६॥ सुरासुरद्विजभुजगाप्सरोगणैर्महौषधिक्षितिधरयक्षगुह्यकैः ॥ प्रजापतिः श्रुतिधररक्षसां कुलं तदाऽसृजज्जगदिदमात्मना प्रभुः ॥४७॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ॥३३॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जगदण्डमिदं पूर्वमासीत्सर्वं हिरण्मयम् ॥ प्रजापतेर्मूर्तिमयमित्येवं वैदिकी श्रुतिः ॥ १ ॥ ततो वर्षसहस्रान्ते बिभेदोर्ध्वमुखं विभुः ॥ लोकसंजननार्थाय बिभेदाधोमुखं पुनः ॥ २ ॥ भूयोऽष्टधा बिभेदाण्डं प्रभुर्वै लोकयोनिकृत् ॥ चकार जगतश्चात्र विभागं सर्वभागवित् ॥ ३ ॥ यच्छिद्रमूर्ध्वमाकाशं परा सुकृतिनां गतिः ॥ विहितं विश्वयोगेन यदधस्तद्रसातलम् ॥ ४ ॥ यदण्डमकरोत्पूर्वं देवलोकसिसृक्षया ॥ समन्तादष्टधा यानि छिद्राणि कृतवांस्तु सः ॥ ५ ॥ विदिशस्ता दिशः सर्वा मनसैवाकरोद्द्विधा ॥ नानारागविरागाणि यान्यण्डशकलानि वै

श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशत्तमोऽध्यायः ॥ ३३ ॥

(वाराहभगवान द्वारा पृथिवीका उद्धार) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वेदसम्बन्धिनी श्रुतियोंसे ऐसा पता चलता है कि पूर्वकालमें यह जगत् प्रजापतिरूपधारी स्वर्णमय अण्डके रूपमें विद्यमान था ॥ १ ॥ एक हजार वर्ष व्यतीत हो जानेपर उस अण्डको भगवानने ऊर्ध्वमुख करके दो भागोंमें विभक्त कर दिया। कुछ काल बाद लोकसृष्टिकी अभिलाषासे उन्होंने उस अण्डको अधोमुख करके आठ भागोंमें विभक्त कर दिया। इस प्रकार विभाग करनेपर जगत् क्रमशः अनेक भागोंमें विभक्त हो गया ॥ २ ॥ ३ ॥ उस अण्डका ऊपरी छिद्र आकाश हुआ और सुकृती पुरुषोंका वही एकमात्र साधन बना। उस अण्डका अधोभाग रसातल हो गया ॥ ४ ॥ भगवानने देवताओंकी सृष्टिके लिए जिस अण्डको सृष्टिकी थी, उसके चारों ओर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन्होंने आठ छिद्र बनाये। वे छिद्र दिशा और विदिशा इन दो भागोंमें विभक्त हो गये। अण्डभेद करते समय उसके जो टुकड़े निकले, वे विविध वर्णवाले मेघोंके रूपमें परिणत हो गये ॥६–७॥ प्रलयसमुद्रके समान उस अण्डके क्लेदांशसे पृथिवी चारों ओरसे ढक गयी। उसके पहले देवलोककी सृष्टिके निमित्त जो हिरण्यमय अण्ड खण्डित हुआ था, उससे जो जलीय भाग क्षरित हुआ, उसीसे कांचनगिरिकी उत्पत्ति हुई ॥ ८–१० ॥ अवशिष्ट जलसे दिशा, विदिशा, अन्तरिक्ष, स्वर्ग तथा अन्यान्य स्थान भींग गये ॥ ११ ॥ जिस-जिस स्थानपर वह जल गिरा, वहाँ-वहाँ पर्वत उत्पन्न हो गये। इसी कारण समस्त पृथिवी पर्वतों और वनोंसे परिपूर्ण होकर टेढ़ी-मेढ़ी और ऊँची-नीची हो गयी॥ १२ ॥ एक ओर इन बहुयोजन विस्तृत एवं नितान्त गुरुतर पर्वतोंके भारसे पृथिवी अत्यधिक पीड़ित थी, उसपर भी नारायणात्मक प्रचुर जलराशि गिरनेसे वह और भी बोझिल हो गयी। जिससे पृथिवी भार धारण करनेमें

॥ ६ ॥ बहुवर्णधराश्चित्रा बभूवुस्ते बलाहकाः ॥ यदण्डमध्ये स्कन्नं तदुद्रवमासीत्समाहितम् ॥ ७ ॥ जातरूपं तदभवत्तत्सर्वं पृथिवीतले ॥ तस्य
क्लेदार्णवौघेन प्राच्छाद्यत समन्ततः ॥ ८ ॥ पृथिवी निखिला राजन्युगान्ते सागरैरिव ॥ ९ ॥ यच्चाण्डमकरोत्पूर्वं देवलोकचिकीर्षया ॥ तत्र तत्स-
लिलं स्कन्नं सोऽभवत्काञ्चनो गिरिः ॥ १० ॥ तेनाम्भसा प्लुताः सर्वा दिशश्चोपदिशस्तथा ॥ अन्तरिक्षं च नाकं च यच्चान्यत्किञ्चिदन्तरम्
॥ ११ ॥ यत्र यत्र जलं स्कन्नं तत्र तत्र स्थितो गिरिः ॥ शैलैः समस्तैर्गहना विषमा मेदिनी भवत् ॥ १२ ॥ तैः सपर्वतजालौघैर्बहुयोजनविस्तृ-
तैः ॥ पीडिता गुरुभिर्देवी पृथिवी व्यथिताऽभवत् ॥ १३ ॥ महीतले भूरि जलं दिव्यं नारायणात्मकम् ॥ हिरण्मयं समुद्दिष्टं तेजो विमलरूपितम्
॥ १४ ॥ अशक्ता वै धारयितुमधः सा प्रविवेश ह ॥ पीड्यमाना भगवतस्तेजसा तेन सा क्षितिः ॥ १५ ॥ पृथिवीं विशतीं दृष्ट्वा तामधो मधुसू-
दनः ॥ उद्धारार्थं मनश्चक्रे लोकानां हितकाम्यया ॥ १६ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ मत्तेज एव बलवत्समासाद्य तपस्विनी ॥ रसातलं विशेद्देवी पङ्के
गौरिव दुर्बला ॥ १७ ॥ धरण्युवाच ॥ त्रिविक्रमायामितविक्रमाय महानृसिंहाय चतुर्भुजाय ॥ श्रीशार्ङ्गचक्रासिगदाधराय नमोऽस्तु तस्मै पुरुषो-
त्तमाय ॥ १८ ॥ त्वयाऽऽत्मना धार्यते वै त्वया संह्रियते जगत् ॥ त्वं धारयसि भूतानि भुवनं त्वं बिभर्षि च ॥ १९ ॥ यत्त्वया धार्यते किञ्चित्ते-
जसा च बलेन च ॥ ततस्तव प्रसादेन मया पश्चात्तु धार्यते ॥ २० ॥ त्वया धृतं धारयामि नाधृतं धारयाम्यहम् ॥ न हि तद्विद्यते रूपं यत्त्वया

असमर्थ होकर धीरे-धीरे धँसने लगी ॥ १३–१५ ॥ तब भगवान मधुसूदनने पृथिवीको इस प्रकार रसातल जाते देख लोककल्याणके लिए अपने तेजसे उसके उद्धारका निश्चय किया ॥ १६ ॥ मन ही मन विचार करते हुए भगवान सोचने लगे—यह निरपराधिनी पृथिवी मेरे तेजका प्रभाव सहनेमें असमर्थ होकर कीचड़में फँसी दुर्बल गौके समान रसातलमें धँसी जा रही है ॥ १७ ॥ उसी समय पृथिवी बोली—हे त्रिविक्रम! हे महानृसिंह! हे चतुर्भुज! हे श्रीशार्ङ्ग-खड्ग-गदा-चक्रधर! हे वरद! हे पुरुषोत्तम! आपको नमस्कार है ॥ १८ ॥ हे देव! आप आत्मा, जगत् और जीवगणोंको धारण करते हुए उनकी रक्षा करते हैं ॥ १९ ॥ आप अपने बल और तेजके प्रभावसे सब कुछ धारण करते हैं। इसी कारण हम भी आपके अनुग्रहसे सब कुछ धारण करनेमें समर्थ होती हैं ॥ २० ॥ आपके धारण करनेके कारण हम भी धारणाशक्ति प्राप्त करती हैं, ऐसा न होता तो भला हम जगत्को कैसे धारण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर पाती ? संसारमें कोई भी ऐसा रूप नहीं है कि जिसे आप न धारण करते हों ॥२१॥ हे वीर ! जगत्का कल्याण करनेके लिए आप प्रत्येक युगमें मेरा भार उतारते आये हैं ॥ २२ ॥ दुरात्मा दैत्यों और राक्षसों द्वारा पीड़ित होकर मैं नित्य आपकी ही शरणमें आयी हूँ । इस समय दानवों, राक्षसों तथा आपके तेजसे अवसन्न होकर मैं रसातल जा रही हूँ । मैं आपकी शरणमें हूँ । आप मेरी रक्षा करें ॥ २३ ॥ २४ ॥ मैंने मन ही मन विचार करके यह स्थिर किया है कि मैं जबतक आपकी शरणमें नहीं आती, अबतक मुझे विविध शंकायें रहती हैं, किन्तु शरणागत होते ही सब भय भाग जाता है ॥ २५ ॥ श्रीभगवान बोले—हे देवि कल्याणि ! तुम किसी बातकी शंका मत करो । तुम निश्चिन्त होकर शान्ति लाभ करो । अभी मैं तुम्हें अभिलषित एवं यथोचित स्थानपर लिये आता हूँ ॥ २६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर महात्मा मधुसूदनने विचार किया कि कौनसा रूप धारण करके रसातल-

न तु धार्यते ॥ २१ ॥ त्वमेव पुरुषो वीर नारायण युगे युगे ॥ मम भारावतरणं जगतो हितकाम्यया ॥ २२ ॥ तवैव तेजसाक्रान्तां रसातलतलं गताम् ॥ त्रायस्व मा सुरश्रेष्ठ त्वामेव शरणं गताम् ॥ २३ ॥ दानवैः पीड्यमानाहं राक्षसैश्च दुरात्मभिः ॥ त्वामेव शरणं नित्यमुपयामि सनातनम् ॥ २४ ॥ तावन्मेऽस्ति भयं भूयो यावन्न त्वां ककुद्मिनम् ॥ शरणं यामि मनसा शतशोऽप्युपलक्षये ॥ २५ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ मा भैर्धरणि कल्याणि शान्तिं व्रज समाहिता ॥ एष त्वामुचितं स्थानमानयामि मनीषितम् ॥ २६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततो महात्मा मनसा दिव्यं रूपमचिन्तयत् ॥ किं नु रूपमहं कृत्वा उद्धरामि वसुन्धराम् ॥ २७ ॥ जले निमग्नां धरणीं येनाहं वै समुद्धरे ॥ इत्येवं चिन्तयित्वा तु देवो नारायणः प्रभुः ॥ २८ ॥ जलक्रीडारुचिस्तस्माद्वाराहं रूपमस्मरत् ॥ हरिरुद्धरणे युक्तस्तदाऽभूदस्य भूमिभृत् ॥ २९ ॥ अधृष्यं सर्वभूतानां वाङ्मयं ब्रह्मसंमितम् ॥ दशयोजनविस्तारमुच्छ्रितं शतयोजनम् ॥३०॥ नीलमेघप्रतीकाशं मेघस्तनितनिःस्वनम् ॥ महागिरेः संहननं श्वेतदीप्तोग्रदंष्ट्रिणम् ॥ ३१ ॥ विद्युदग्निप्रतीकाशमादित्यसमतेजसम् ॥ पीनवृत्तायतस्कन्धं दृप्तशार्दूलगामिनम् ॥ ३२ ॥ पीनोन्नतकटीदेशं वृषलक्षणपूजितम् ॥ रूपमास्थाय विपुलं वाराहममितं हरिः ॥ ३३ ॥ पृथिव्युद्धरणार्थाय प्रविवेश रसातलम् ॥ वेदपादो यूपदंष्ट्रः क्रतुदन्तश्चितीमुखः ॥ ३४ ॥ अग्निजिह्वो दर्भरोमा ब्रह्मशीर्षो महातपाः ॥ अहोरात्रेक्षणधरो देवांगश्रुतिभूषणः ॥ ३५ ॥ आज्यनासः स्रुवस्तुण्डः सामघोषस्वरो महान् ॥ सत्य-

गामिनी एवं जलनिमग्ना वसुन्धराका उद्धार करूँ । क्षणभर विचार करनेके बाद उन्होंने जलक्रीड़ाकी अभिलाषासे यज्ञवाराहरूप धारण करके पृथिवीके उद्धारका निश्चय किया ॥ २७–२९ ॥ उस वाङ्मयब्रह्मरूपिणी मूर्तिके निकट जानेका माहस भला कौन कर सकता था । उस वराहवपुका विस्तार दस योजन और ऊँचाई सौ योजन थी । वराहभगवानकी दीप्ति और उनका गर्जन नीलवर्ण मेघके सदृश था । उनके दाँत श्वेत, तेजस्वी, उग्र और पर्वतोंको भी विदीर्ण करनेमें समर्थ थे ॥ ३० ॥ ३१ ॥ उनके नेत्र विद्युत्, अग्नि और सूर्य-रश्मियोंके समान सुतीक्ष्ण थे । उनका स्कन्धदेश पीन, आयत और वृत्ताकार था । उनका पराक्रम क्रुद्ध सिंहके समान भीषण था ॥ ३२ ॥ उनका कटिप्रदेश पीन और उन्नत था । उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों उनके शरीरमें महोन्नत वृषभके लक्षण विद्यमान थे । भगवान नरायण इस प्रकार विशाल वाराहरूप धारण करके पृथिवीके उद्धारार्थ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रसातलमें प्रविष्ट हो गये। चारों वेद उन वराह भगवानके पाँव थे। यज्ञयूप दंष्ट्रा थे। इसी प्रकार यज्ञ उनके हाथ, चिति मुख, अग्नि जिह्वा, दर्भ रोम. प्रणव शिरोदेश, दिवा-रात्रि उनके दोनों नेत्र, वेदाङ्ग कर्णभूषण, आज्य नासिका, स्रुव मुख, सामवेदध्वनि उनके कंठका महान् शब्द, क्रियामय गोदानादि कर्म उनकी नासिका, पशु जानु, मुख आकृति, उद्गाता अन्त्र, होम लिङ्ग, महाफल बीज तथा औषधि, वायु अन्तरात्मा, सत्र स्फिक्, सोमरस शोणित, वेदी स्कन्ध, हवि गन्ध, हव्य-कव्य उनका वेग, प्राग्वंश शरीर, दक्षिणा हृदय, वेदोपकरण ओष्ठालङ्कार, होमाग्नि नाभिभूषण, विविध छन्द गतिपथ, गुह्य उपनिषद् आसन, छाया पत्नी और उनका शरीर मणिशृंगके समान उन्नत था। सत्यधर्ममय, महाबली, परम पराक्रमी, श्रीमान् और योगी भगवान् घोरतर यज्ञवराह रूप धारण करके पातालतलमें प्रविष्ट हो गये ॥ ३३–४१ ॥ वहाँ प्रविष्ट होकर सलिलसमाच्छन्न एवं रसातलगता पृथिवीको यज्ञवराह

धर्ममयः श्रीमान्क्रमविक्रमसत्कृतः ॥ ३६ ॥ क्रियासत्रमहाघोणः पशुजानुर्मखाकृतिः ॥ उद्गात्रान्तो महालिङ्गो बीजौषधिमहाफलः ॥ ३७ ॥ वाय्व-
न्तरात्मा मन्त्रस्फिग्विक्रमः सोमशोणितः ॥ वेदीस्कन्धो हविर्गन्धो हव्यकव्यातिवेगवान् ॥ ३८ ॥ प्राग्वंशकायो द्युतिमान्नानादीक्षाभिरर्चितः ॥
दक्षिणाहृदयो योगी महासत्रमयो महान् ॥ ३९ ॥ उपाकर्मोष्ठरुचकः प्रवर्ग्यावर्तभूषणः ॥ नानाछन्दोगतिपथो गुह्योपनिषदासनः ॥ ४० ॥ छाया-
पत्नीसहायो वै मणिशृङ्ग इवोच्छ्रितः ॥ भूत्वा यज्ञवराहोऽसौ युगपत्प्राविशद्गुरुः ॥ ४१ ॥ अद्भिः संछादितामुर्वीं स तामार्च्छत्प्रजापतिः ॥
रसातलतले मग्नां पातालान्तरसंश्रयाम् ॥ ४२ ॥ प्रभुर्लोकहितार्थाय दंष्ट्राग्रेणोज्जहार गाम् ॥ ततः स्वस्थानमानीय पृथिवीं पृथिवीधरः ॥ ४३ ॥
मुमोच पूर्वं सहसा धारयित्वा धराधरः ॥ ततो जगाम निर्वाणं मेदिनी तस्य धारणात् ॥ ४४ ॥ चकार च नमस्कारं तस्मै देवाय शम्भवे ॥ एवं
यज्ञवराहेण भूत्वा भूतहितार्थिना ॥४५॥ उद्धृता पृथिवी देवी लोकानां हितकाम्यया ॥ अथोद्धृत्य क्षितिं देवो जगतः स्थापनेच्छया ॥४६॥ पृथिवी-
प्रविभागाय मनश्चक्रेऽम्बुजेक्षणः ॥ रसातलगतामेवं विचिन्त्य स सुरोत्तमः ॥ ४७ ॥ ततो विभुः प्रवरवराहरूपधृग्वृषाकपिः प्रसभमथैकदंष्ट्रया ॥
समुद्धरद्धरणिमतुल्यविक्रमो महायशाः सकलहितार्थमच्युतः ॥४८॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

भगवान्ने अपने दाँतोंके अग्रभागपर रखकर उसका उद्धार किया ॥ ४२ ॥ तदनन्तर पृथिवीधर वराहभगवानने पृथिवीको बाहर लाकर रख दिया। इस प्रकार पृथिवीको धारण करनेके कारण उनका धराधर नाम पड़ गया। उधर पृथिवी भी उनके द्वारा धारण किये जानेके कारण निर्वाणपद प्राप्त करके निश्चिन्त हो गयी ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ यज्ञवराहरूपधारी भगवान विष्णुसे इस प्रकार सुरक्षित होकर पृथिवीने उन देवादिदेवको प्रणाम किया ॥ ४५ ॥ हे महाराज ! भगवान नारायण इस प्रकार यज्ञवाराह रूप धारण करके लोकहित साधन करनेके निमित्त देवी पृथिवीका उद्धार किया। तदनन्तर उन्हीं पद्मलोचन यज्ञवराह भगवानने पृथिवीको अनेक भागोंमें विभक्त करनेका निश्चय किया ॥ ४६–४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(वाराह भगवानकी उत्पत्तिका वर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस समय पृथिवी जलराशि पर तैरती हुई विशाल नौकाके समान दीखने लगी । देहविस्तृतिके कारण फिर वह जलमें नहीं डूब सकी ॥ १ ॥ तदनन्तर सर्वव्यापी नारायण पृथिवीका किस प्रकार विभाजन किया जायगा, किस प्रकार चारों ओर पर्वतोंको उन्नत किया जायगा, किस रीतिसे नदियाँ गहरी की जायँगी और किस तरह उनका प्रमाण, गमनपथ, उत्पत्ति और माहात्म्य स्थिर होगा, इन बातोंपर विचार करने लगे ॥ २ ॥ ३ ॥ क्षण भर विचार करनेके बाद उन्होंने पृथिवी चौरस की । उसके चारों ओर समुद्रोंकी स्थापना करके मध्यमें सुवर्णमय सुमेरुपर्वतका निर्माण किया ॥४॥ विस्तारमें वह पर्वत सौ योजन तथा ऊँचाईमें सहस्र योजन था । उसके शिखर उदयकालीन सूर्यके समान रक्तवर्ण तथा स्वर्गीय स्थानोंसे विभूषित थे । उस पर्वतपर उन्होंने कांचनमय, महास्कन्धयुक्त एवं सततफलपुष्प-विराजित विविध

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्योपरि जलौघस्य महती नौरिव स्थिता ॥ विततत्वात्तु देहस्य न ययौ संप्लवं मही ॥१॥ ततः स चिन्तयामास प्रविभागं क्षिते-
र्विभुः ॥ समुच्छ्रयं च सर्वेषां पर्वतानां नदीषु च ॥ २ ॥ विलेखनं प्रमाणं च गतिं प्रस्रवमेव च ॥ माहात्म्यं च विशेषं च नदीनामन्वचिन्तयत् ॥ ३ ॥ चतु-
रन्तां धरां कृत्वा तथा चैव महार्णवम् ॥ मध्ये पृथिव्याः सौवर्णमकरोन्मेरुपर्वतम् ॥ ४ ॥ प्राचीं दिशमथो गत्वा चकारोदयपर्वतम् ॥ शतयोजन-
विस्तारं सहस्रं च समुच्छ्रयम् ॥ ५ ॥ जातरूपमयैः शृङ्गैस्तरुणादित्यसन्निभैः ॥ आत्मतेजोगुणमयैर्वेदिकाभोगकल्पितम् ॥ ६ ॥ विविधांश्च
महास्कन्धान्काञ्चनान्पुष्करेक्षणः ॥ नित्यपुष्पफलान्वृक्षान्कृतवांस्तत्र पर्वते ॥ ७ ॥ शतयोजनविस्तारं ततस्त्रिगुणमायतम् ॥ चकार स महादेवः
पुनः सौमनसं गिरिम् ॥ ८ ॥ नानारत्नसहस्राणां कृत्वा तत्र सुसंचयम् ॥ वेदिकां बहुवर्णां च संध्याभ्राभामकल्पयत् ॥ ९ ॥ सहस्रशृङ्गं च गिरिं
नानामणिशिलातलम् ॥ कृतवान्वृक्षगहनं षष्टियोजनमुच्छ्रितम् ॥ १० ॥ आसनं तत्र परमं सर्वभूतनमस्कृतम् ॥ कृतवानात्मनः स्थानं विश्वकर्मा
प्रजापतिः ॥ ११ ॥ शिशिरं च महाशैलं तुषारचयसंनिभम् ॥ चकार दुर्गगहनं कन्दरान्तरमण्डितम् ॥ १२ ॥ शिशिरप्रभवां चैव नदीं द्विजगणै-
र्युताम् ॥ चकार पुलिनोपेतां वसुधारामिति श्रुतिः ॥ १३ ॥ सा दिशं निखिलां प्राचीं पुण्यां मुखशतैश्रिताम् ॥ शोभयत्यमृतप्रख्यैर्मुक्ताशङ्ख-
विभूषितैः ॥ १४ ॥ नित्यपुष्पफलोपेतैश्छादयद्भिः सुसंवृतैः ॥ भूषिताभ्यधिकं कान्तैः सा नदी तीरजैर्द्रुमैः ॥ १५ ॥ कृत्वा प्राचीविभागं च दक्षि-

वृक्षोंकी स्थापना की । वहाँसे कुछ दूर आगे बढ़कर पूर्वदिशामें उन्होंने उदयाचलका निर्माण किया । उदयाचल विस्तारमें सौ तथा ऊँचाईमें दो सौ योजन था ॥ ५–८ ॥ तदनन्तर विविध प्रकारके रत्नोंसे परिपूर्ण सौमनस पर्वतका उन्होंने निर्माण किया । उसके ऊपर सन्ध्याके रंग जैसी बहुतेरी वेदियोंकी स्थापना की ॥ ९ ॥ इसके बाद यज्ञवाराह भगवानने साठ योजन ऊँचे, सहस्र शृंगयुक्त एवं मणिविभूषित वृक्षों और दिशाओंसे परिपूर्ण जिस पर्वतका निर्माण किया, प्रजापति विश्वकर्माने उसके ऊपर सर्वजीवनमस्कृत अपना निवासस्थान बनाया ॥ १० ॥ ११ ॥ तत्पश्चात् उन्होंने तुषारराशिसे सुशोभित और विविध कन्दराओंसे परिपूर्ण हिमालय पर्वतकी रचना की । उसपर दुर्गम वन तथा शिशिरप्रभवा एवं ब्राह्मणगण-सेविता एक नदी प्रवाहित की । वह नदी वसुधारा नामसे विख्यात हुई ॥१२॥१३॥ वह पुनीत नदी मुक्काराशि एवं शंखसमायुक्त तथा अमृत तुल्य जलसे सौ मुख करके बहती हुई समस्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्राची दिशाको शोभित करने लगी ॥ १४ ॥ उसके तटवर्ती वृक्ष सदा फल-पुष्पसे लदे रहते थे, इस कारण उस नदीकी शोभा वर्णनातीत हो उठी ॥ १५ ॥ हे महाराज ! इस प्रकार प्रजापति नारायणने प्राची दिशाको अलंकृत करनेके बाद दक्षिण दिशामें जिस रमणीय पर्वतकी स्थापना की, उसका अर्धभाग स्वर्णमय एवं अर्धभाग रजतमय था । अतएव उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो उसके एक ओर सूर्योदय तथा दूसरी ओर चन्द्रोदय हो रहा हो । एक साथ दो रंगोंके दिखायी पड़नेके कारण वह पर्वत बड़ा सुन्दर लग रहा था । चन्द्रमा और सूर्यसदृश तेजस्वी उस पर्वतके तेजसे समस्त संसार जगमगा उठा । तदनन्तर उन्होंने उसी दक्षिण दिशामें अभीष्ट फलप्रद एवं मनोहर वृक्षोंसे परिपूर्ण भानुमान् पर्वतका निर्माण किया ॥ १६–१८ ॥ इसके बाद वाराह भगवानने बहुयोजनविस्तृत, स्वर्णमयी कन्दराओंसे विभूषित एवं कुंजराकृति कुञ्जरगिरि, स्वर्ण तथा चन्दनके वृक्षोंसे परिपूर्ण

णायामथो दिशि ॥ चकार पर्वतं दिव्यं सर्वकाञ्चनराजतम् ॥१६॥ एकतः सूर्यसंकाशमेकतः शशिसन्निभम् ॥ स बिभ्रच्छुशुभेऽतीव द्वौ वर्णौ पर्वतोत्तमः ॥ १७ ॥ तेजसा युगपद्व्याप्तं सूर्याचन्द्रमसोरिव ॥ वपुष्मन्तमथो तत्र भानुमन्तं महागिरिम् ॥ १८ ॥ सर्वकामफलैर्वृक्षैर्वृतं रम्यैर्मनोरमैः ॥ चकार कुञ्जरं चैव कुञ्जरप्रतिमाकृतिम् ॥ १९ ॥ सर्वतः काञ्चनगुहं बहुयोजनविस्तृतम् ॥ ऋषभप्रतिमं चैव ऋषभं नाम पर्वतम् ॥ २० ॥ हेमकाञ्चन-वृक्षाढ्यं पुष्पहासं स सृष्टवान् ॥ महेन्द्रमथ शैलेन्द्रं शतयोजनमुच्छ्रितम् ॥ २१ ॥ जातरूपमयैः शृङ्गैः सपुष्पितमहाद्रुमम् ॥ मेदिन्यां कृतवान्देवः प्रीतिक्षोभमिवाचलम् ॥ २२ ॥ नानारत्नसमाकीर्णं सूर्येन्दुसदृशप्रभम् ॥ चकार मलयं चाद्रिं चित्रपुष्पितपादपम् ॥ २३ ॥ मैनाकं च महाशैलं शिलाजालसमावृतम् ॥ दक्षिणस्यां दिशि शुभं चकाराचलमायतम् ॥ २४ ॥ सहस्रशिरसं विन्ध्यं नानाद्रुमलताकुलम् ॥ नदीं च विपुलावर्तां पुलिनश्रोणिभूषिताम् ॥ २५ ॥ क्षीरसंकाशसलिलां पयोधारामिति श्रुतिः ॥ सुरम्यां तोयकलिलां विहितां दक्षिणां दिशम् ॥ २६ ॥ दिव्यां तीर्थशतोपेतां प्लावयन्तीं शुभाम्भसा ॥ दिशं याम्यां प्रतिष्ठाप्य प्रतीचीं दिशमागमत् ॥ २७ ॥ अकरोत्तत्र शैलेन्द्रं शतयोजनमुच्छ्रितम् ॥ शोभितं शिखरैश्चित्रैः सुप्रवृद्धैर्हिरण्मयैः ॥ २८ ॥ काञ्चनीभिः शिलाभिश्च गुहाभिश्च विभूषितम् ॥ समाकुलं सूर्यनिभैः शालैस्तालैश्च भास्वरैः ॥ २९ ॥ शुशुभे

ऋषभगिरि, शतयोजन उन्नत, सुवर्णशृङ्गयुक्त तथा पुष्पित वृक्षोंसे समाकीर्ण मलय, शिलाखण्डसे व्याप्त महान् मैनाक एवं नाना प्रकारके वृक्षों और लताओंसे परिवेष्टित तथा सहस्र-शृङ्गयुक्त विन्ध्य पर्वतका निर्माण किया । तदनन्तर उसी दक्षिण दिशामें उन्होंने उन्नत तटवाली एक परम रमणीय नदी प्रवाहित की ॥ १९–२५ ॥ उस नदीकी तरंगें बड़ी भीषण थीं । उसके तट विस्तृत थे । उस नदीका जल दूधकी तरह सुस्वादु था । इस प्रकार दक्षिण दिशामें वह नदी 'पयोधारा' (नर्मदा) के नामसे विख्यात हुई ॥२६॥ उस नदीमें स्थान-स्थानपर सैकड़ों तीर्थ विराजमान थे और उसके पुनीत जलसे चारों दिशायें प्लावित हो उठी थीं । हे महाराज ! वाराह भगवान इस प्रकार दक्षिण दिशाकी नदियों तथा पर्वतोंकी स्थापनाका कार्य समाप्त करके पश्चिम दिशाको चले गये ॥ २७ ॥ वहाँ उन्होंने शतयोजन उन्नत अस्ताचलका निर्माण किया । वह पर्वत विचित्र कांचनमय शृंगों, सुवर्णमयी शिलाओं तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रमणीक कन्दराओंसे विभूषित था। उस पर्वतपर सूर्यसदृश तेजस्वी साल और तालके वृक्ष विद्यमान थे। उसके शिखरोंपर अतिशय तेजस्विनी स्वर्णमयी वेदिकायें बनी हुई थीं। इस प्रकार उन वराहरूपधारी नारायणने क्रमशः अन्यान्य स्थानोंपर सुमेरुके सदृश तेजस्वी और उसी आकारके साठ हजार पर्वतोंकी स्थापना की ॥ २८-३१ ॥ तदनन्तर उन्होंने पवित्र तीर्थोंके गुणोंसे परिपूर्ण साठ योजन विस्तृत एवं इतने ही उन्नत वाराह नामके एक उत्कृष्ट पर्वतकी स्थापना की ॥ ३२ ॥ वह पर्वत ठीक वराहमूर्तिके आकार-प्रकारका था और उसमें वैदूर्यमणि, चाँदी तथा सोनेकी शिलायें प्रचुर मात्रामें विद्यमान थीं। वहाँ ही उन्होंने सहस्र शृंगोंयुक्त चक्राकार चक्रवान् पर्वतकी स्थापना की। उसके पास ही शंखसदृश धवल चाँदीकी चट्टानोंसे परिपूर्ण शंखनामके पर्वतको स्थापित किया। उसपर श्वेतवर्णके वृक्षोंकी बहुलता थी। उस पर्वतकी चोटीपर उन्होंने सुवर्ण-रत्नसंभूत पारिजात महावृक्षकी स्थापना की। पश्चिम दिशामें इस प्रकार पर्वतोंकी स्थापना करनेके बाद उन भगवानने वहाँ एक अतिशय रमणीय, परम पवित्र एवं विपुल जलसे परिपूर्ण एक नदी प्रवाहित की। वह नदी

जातरूपैश्च श्रीमद्भिश्चित्रवेदिकैः ॥ षष्टिं गिरिसहस्राणि तत्रासौ संन्यवेशयत् ॥ ३० ॥ मेरुप्रतिमरूपाणि वपुषा प्रभया सह ॥ सहस्रजलधारं च पर्वतं मेरुसन्निभम् ॥ ३१ ॥ पुण्यतीर्थगुणोपेतं भगवान्संन्यवेशयत् ॥ षष्टिं योजनविस्तारं तावदेव समुच्छ्रितम् ॥ ३२ ॥ आत्मरूपोपमं तत्र वाराहं नाम नामतः ॥ निवेशयामास गिरिं दिव्यं वैदूर्यपर्वतम् ॥ ३३ ॥ राजताः काञ्चनाश्चैव यत्र दिव्याः शिलोच्चयाः ॥ तत्रैव चक्रसदृशं चक्रवन्तं महाबलम् ॥ ३४ ॥ सहस्रकूटं विपुलं भगवान्संन्यवेशयत् ॥ शङ्खप्रतिमरूपं च राजतं पर्वतोत्तमम् ॥ ३५ ॥ सितद्रुमसमाकीर्णं शङ्खं नाम न्यवेशयत् ॥ सुवर्णरत्नसंभूतं पारिजातं महाद्रुमम् ॥ ३६ ॥ महतः पर्वतस्याग्रे पुष्पहासं न्यवेशयत् ॥ शुभामतिरसां चैव घृतधारामिति श्रुतिः ॥ ३७ ॥ वाराहः सरितं पुण्यां प्रतीच्यामकरोत्प्रभुः ॥ प्रतीच्यां स विधिं कृत्वा पर्वतान्काञ्चनोज्ज्वलान् ॥ ३८ ॥ गुणोत्तरानुत्तरस्यां संन्यवशयदग्रतः ॥ ततः सौम्यगिरिं सौम्यमन्तरिक्षप्रमाणतः ॥ ३९ ॥ रुक्मधातुप्रतिच्छन्नमकरोद्भास्करोपमम् ॥ स तु देशो विसूर्योऽपि तस्य भासा प्रकाशते ॥ ४० ॥ तस्य लक्ष्म्याधिकं भाति तपसा रविणा यथा ॥ सूक्ष्मलक्षणविज्ञेयस्तपतीव दिवाकरः ॥ ४१ ॥ सहस्रशिखरं चैव नानातीर्थसमाकुलम् ॥ चकार रत्नसंकीर्णं भूयोऽस्तं नाम पर्वतम् ॥ ४२ ॥ मनोहरगुणोपेतं मन्दरं चाचलोत्तमम् ॥ उद्दामपुष्पगन्धं च पर्वतं गन्धमादनम् ॥ ४३ ॥ चकार तस्य

घृतधाराके नामसे विख्यात हुई ॥ ३३-३७ ॥ हे महाराज! वाराह भगवानने इस प्रकार पश्चिम दिशामें विविध पर्वतोंको स्थापित करनेके बाद उत्तर दिशामें अनेक पर्वत यथास्थान स्थापित करना आरम्भ किया। सर्वप्रथम उत्तर दिशामें उन्होंने आकाशस्पर्शी सौम्य गिरिकी प्रतिष्ठा की ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ वह पर्वत सुवर्णमय होनेके कारण सूर्यसदृश तेजस्वी था। यद्यपि वहाँ तक सूर्यभगवानका प्रकाश नहीं पहुँच पाता था, तथापि उस पर्वतके तेजसे ही वह समस्त प्रदेश सदा आलोकित रहता था ॥४०॥ जिस तरह सूर्यकी किरणोंके समक्ष चन्द्रमा स्पष्टरूपसे लक्षित नहीं होते, उसी प्रकार उस पर्वतके समक्ष सूर्यदेवकी प्रभा भी फीकी पड़ गयी ॥४१॥ तत्पश्चात् उन्होंने उसी पश्चिम दिशामें सहस्रशिखरयुक्त, नानातीर्थविराजित तथा विविध रत्नोंसे परिपूर्ण अस्ताचल पर्वतका निर्माण किया ॥ ४२ ॥ तदनन्तर मनोहर गुणोंसे सम्पन्न मन्दराचल एवं पुष्पगन्धसमाकुल गन्धमादन गिरिकी स्थापना की ॥ ४३ ॥ उस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पर्वतकी चोटीपर अति अद्भुतदर्शना, स्वर्णरसयुक्ता एवं जाम्बूनदमयी जम्बू नामकी एक नदी प्रवाहित की ॥४४॥ तदनन्तर त्रिशिखर, पुष्कर, शुभ्रमेघसदृश उज्ज्वल कैलास एवं दिव्यधातु-विभूषित श्रेष्ठतम पर्वत हिमालयकी स्थापना की। वाराहरूपधारी भगवानने उसी उत्तर दिशामें सर्वगुणपरिपूर्ण मधुधारावाहिनी शतमुखी नामको एक नदी प्रवाहित की। उसके तटपर सैकड़ों ऋषियोंके आश्रम विद्यमान थे ॥ ४५–४७ ॥ पीछे जिन पर्वतोंका उल्लेख किया गया है, वे सभी पर्वत उस समय पक्षधारी तथा इच्छानुसार विचरणशील थे ॥ ४८ ॥ लोक-भावन भगवान नारायण इस प्रकार पृथिवीको अनेक भागोंमें विभक्त करनेके पश्चात् देवताओं तथा असुरोंकी उत्पत्तिके विषयमें विचार करने लगे ॥ ४९ ॥ रक्तलोचन भगवान वाराहने इस प्रकार सभी दिशाओंमें लोककल्याणार्थ विविध नामोंके पर्वतोंको स्थापित करके पवित्र जलसे पूर्ण अनेकानेक नदियाँ प्रवाहित कीं ॥ ५० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि

शृङ्गेषु सुवर्णरससंभवम् ॥ जम्बुं जाम्बूनदमयीमनन्ताद्भुतदर्शनाम् ॥ ४४ ॥ गिरिं च शिखरं चैव तथा पुष्करपर्वतम् ॥ शुभ्रं पाण्डुरमेघाभं कैलासं च नगोत्तमम् ॥ ४५ ॥ हिमवन्तं च शैलेन्द्रं दिव्यधातुविभूषितम् ॥ निवेशयामास हरिर्वाराहीं तनुमास्थितः ॥ ४६ ॥ नदीं सर्वगुणोपेतामुत्तरस्यां दिशि प्रभुः ॥ मधुधारां स कृतवान्दिव्यामृषिशताकुलाम् ॥ ४७ ॥ सर्वे चैव क्षितिधराः सपक्षाः कामरूपिणः ॥ तदा कृता भगवता विचित्राः परमेष्ठिना ॥ ४८ ॥ स कृत्वा प्रविभागं तु पृथिव्या लोकभावनः ॥ देवासुराणामुत्पत्तौ कृतवान्बुद्धिमक्षयाम् ॥ ४९ ॥ सर्वासु दिक्षु क्षतजोपमाक्षश्चकार शैलान्विविधाभिधानान् ॥ हिताय लोकस्य स लोकनाथः पुण्याश्च नद्यः सलिलोपगूढाः ॥ ५० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जगत्स्रष्टुमना देवश्चिन्तयामास पूर्वजः ॥ तस्य चिन्तयतो वक्त्रान्निःसृतः पुरुषः किल ॥ १ ॥ ततः स पुरुषो देवं किं करोमीत्युपस्थितः ॥ प्रत्युवाच स्मितं कृत्वा देवदेवो जगत्पतिः ॥ २ ॥ विभजात्मानमित्युक्त्वा गतोऽन्तर्धानमीश्वरः अन्तर्हितस्य देवस्य स शरीरस्य भारत ॥ ३ ॥ प्रशान्तस्येव दीपस्य गतिस्तस्य न विद्यते ॥ ततस्तेनेरितां वाणीं सोऽन्वचिन्तयत प्रभुः ॥ ४ ॥ हिरण्यगर्भो भगवान् य

पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

(वाराह भगवान द्वारा जगत्की सृष्टि) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! देवादिदेव वाराह जगत्की सृष्टि करनेके विषयमें विचार कर ही रहे थे, उसी अवसरपर सहसा उनके मुखसे एक पुरुष निकल पड़ा ॥१॥ 'मैं क्या करूँ ?' ऐसा कहता हुआ वह पुरुष हाथ जोड़कर भगवानके समक्ष खड़ा हो गया। तब देवदेव जगत्पति वाराह भगवानने तनिक मुसकाकर कहा—'हे पुरुष! तुम अपनेको अनेक भागोंमें विभक्त कर दो।' ऐसा कहकर वे अन्तर्धान हो गये। दीपकके बुझ जानेपर जैसे उसका चिह्न भी अवशिष्ट नहीं रह जाता, उसी प्रकार वाराह भगवानके अन्तर्धान हो जानेपर उनका कोई भी चिह्न अवशिष्ट नहीं रह गया। इसके बाद वह पुरुष (ब्रह्मा) वराह भगवानकी वाणीपर विचार करने लगा ॥२–४॥ वेदोंमें जिन हिरण्यगर्भ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्रह्माकी स्तुति की गयी है, सो सर्वप्रथम एकमात्र वे ब्रह्माजी ही इस त्रिलोकीके अधिपति हुए और तभीसे सर्वप्रथम उन्हींके लिए यज्ञभागकी भी कल्पना की गयी। प्रजापति ब्रह्माने सोचा कि एक महात्मा 'अपनेको अनेक भागोंमें विभक्त कर दो' मुझे ऐसा आदेश देकर अन्तर्धान हो गये हैं ॥५॥६॥ सो अब यह चिन्ता हो रही है कि मैं कब और कैसे अपनेको अनेक भागोंमें विभक्त करूँ। प्रजापति ब्रह्मा मन ही मन जब ऐसी तर्कना कर रहे थे, उसी समय आकाशसे 'ॐ' यह शब्द उच्चरित हुआ ॥७॥ देवादिदेव नारायणने ही स्वर्गसे उस शब्दका उच्चारण किया था। तत्पश्चात् ब्रह्माजी उसी ॐ शब्दका अभ्यास करने लगे। अभ्यास करते-करते सहसा उनके हृदयसे वषट्कार शब्द उत्पन्न हो गया। फिर भूमण्डल, नभमण्डल एवं स्वर्गमण्डलके निमित्त स्वरात्मक स्मृतिमय पवित्र महाव्याहृतियाँ जायमान हुईं। परम प्रभु प्रजापतिने उन्हीं देवियोंके पदका स्मरण करके चतुर्विंशाक्षरात्मिका सावित्री देवीकी

एष छन्दसि श्रुतः ॥ एष प्रजापतिः पूर्वमभवद्भुवनाधिपः ॥ ५ ॥ तदाप्रभृति तस्याद्यो यज्ञः सांगो विधीयते ॥ प्रजापतिरुवाच ॥ विभजात्मानमित्युक्तस्तेनास्मि सुमहात्मना ॥ ६ ॥ कथमात्मा विभज्यः स्यात्संशयो ह्यत्र मे महान् ॥ इति चिन्तयतस्तस्य ओमित्येवोत्थितः स्वरः ॥ ७ ॥ स भूमावन्तरिक्षे च नाके च कृतवांस्ततः ॥ तं चैवाभ्यसतस्तस्य मनःसारमयः पुनः ॥ ८ ॥ हृदयाद्देवदेवस्य वषट्कारः समुत्थितः ॥ भूम्यन्तरिक्षनाकानां परं भूयः स्वरात्मिकाः ॥ ९ ॥ महास्मृतिमयाः पुण्या महाव्याहृतयोऽभवन् ॥ छन्दसां प्रवरा देवी चतुर्विंशाक्षराऽभवत् ॥ तत्पदं संस्मरन्दिव्यां सावित्रीमकरोत्प्रभुः ॥१०॥ ऋक्सामाथर्वयजुषश्चत्वारो भगवान्प्रभुः ॥ चकार निखिलान्वेदान्ब्रह्मयुक्तेन कर्मणा ॥११॥ ततस्तस्यैव मनसः सनः सनक एव च ॥ सनातनश्च भगवान्वरदश्च सनन्दनः ॥१२॥ सनत्कुमारश्च विभुस्तत्र जज्ञे सनातनः ॥ मानसाश्चैव पूर्वाद्या इत्येते षण्महर्षयः ॥ १३ ॥ ब्रह्माणं कपिलं चैव षडेतांश्चैव योगिनः ॥ यतयो योगतन्त्रेषु यान्स्तुवन्ति द्विजातयः ॥ १४ ॥ ततो मरीचिमत्रिं च पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ॥ भृगुमङ्गिरसं चैव मनुं चैव प्रजापतिम् ॥ १५ ॥ पितॄंश्च सर्वभूतानां देवतासुररक्षसाम् ॥ महर्षीनसृजच्छंभुरष्टावेतांश्च मानसान् ॥ १६ ॥ एते युगसहस्रान्ते याश्चैषामभवन्प्रजाः ॥ कल्पे निःशेषभुक्ते तु ततो गच्छन्ति निर्वृतिम् ॥ १७ ॥ भूयो वर्षसहस्रान्ते उत्पत्तिस्तु विधीयते ॥ एतेषामेव देवानां प्रजाकर्तृषु वै तदा ॥ १८ ॥ किं तु कर्मविशेषेण देवतानां युगे युगे ॥ नामजन्मविशेषाश्च त एव युगपर्यये ॥ १९ ॥ अङ्गुष्ठाद्दक्षि-

सृष्टि की ॥८–१०॥ तत्पश्चात् उन्होंने वैदिकानुष्ठानयुक्त ऋक्, यजुः, साम और अथर्व इन चारों वेदोंकी रचना की ॥११॥ उसके बाद उन देवादिदेव ब्रह्माकी इच्छासे सन, सनक, सनातन, सनन्दन, सनत्कुमार और कपिल ये छ महर्षि उत्पन्न हो गये ॥१२॥१३॥ संयमी ब्राह्मणगण योगतन्त्रमें ब्रह्मा, कपिलदेव आदि इन्हीं छहों महर्षियोंकी स्तुति करते हैं ॥ १४ ॥ तदनन्तर मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु और प्रजापति मनु ये आठ महर्षि भी उनकी इच्छामात्रसे जायमान हो गये ॥ १५ ॥ ये आठों महर्षि असुरों-राक्षसों समेत समस्त प्राणियोंके पिता थे ॥ १६ ॥ सहस्र युग व्यतीत हो जाने और प्रलयकाल उपस्थित होनेपर ये सभी महर्षि और इनकी समस्त प्रजा निर्वाणपद प्राप्त कर लेती है ॥ १७ ॥ हजार वर्ष व्यतीत हो जानेपर प्रजाको उत्पन्न करनेवाले उन देवताओंकी पुनः उत्पत्ति होती है। किन्तु कार्यविशेष द्वारा प्रत्येक कल्पमें उन देवताओंके नाम और जन्म विशेषरूपसे संघटित होते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं ॥ १८ ॥ १९ ॥ भगवान नारायणके दाहिने अंगूठेसे दक्ष प्रजापति तथा बायें अंगुष्ठसे उनकी भार्या उत्पन्न हुई ॥२०॥ हे महाराज ! उनकी पत्नीके गर्भसे उत्पन्न दक्षकन्यायें लोकमातायें हो गयीं और उनकी सन्ततियोंसे सारी त्रिलोकी व्याप्त हो गयी ॥२१॥ अदिति, दिति, दनु, काला, अनायु, सिंहिका, मुनि, प्राधा, क्रोधा, सुरभि, विनता, सुरसा, दनु और कद्रु इन कन्याओंका दक्ष प्रजापतिने महर्षि कश्यपके साथ विवाह कर दिया। तदनन्तर मन ही मन प्रजासृष्टिके विषयमें चिन्ता करके दक्षने अरुन्धती, वसु, यामी, लम्बा, भानु, मरुत्वती, संकल्पा मुहूर्ता, साध्या और विश्वा ये दस कन्यायें ब्रह्मपुत्र मनुको सौंप दीं। तत्पश्चात् कमलनयनी, पूर्णचन्द्रानना, अतिमनोरमा तथा सर्वाङ्गसुन्दरी कीर्ति, धृति, पुष्टि, बुद्धि, क्रिया, मति, मेधा, क्षमा, बुद्धि, लज्जा और वसु, ये कन्यायें उन्होंने धर्मके साथ ब्याह दीं। तदनन्तर अन्धकारनाशक सलिलात्मक अत्रिमुनिके पुत्र ग्रहाधिपति चन्द्रमाके साथ दक्षप्रजापतिने रोहिणी प्रभृति सत्ताईस

णाद्दक्ष उत्पन्नो भगवानृषिः ॥ तस्यैव तु पुनर्भार्या वामाङ्गुष्ठादजायत ॥ २० ॥ तस्य तत्राभवन्कन्या विश्रुता लोकमातरः ॥ याभिर्व्याप्तास्त्रयो लोकाः प्रजाभिर्मनुजाधिप ॥ २१ ॥ अदितिं च दितिं कालामनायुं सिंहिकां मुनिम् ॥ प्राधां क्रोधां च सुरभिं विनतां सुरसां तथा ॥ २२ ॥ दनुं कद्रुं च दुहितॄः प्रददौ कश्यपाय तु ॥ प्रजां संचिन्त्य मनसा गतिज्ञेनान्तरात्मना ॥ २३ ॥ अरुन्धतीं वसुं यामीं लम्बां भानुं मरुत्वतीम् ॥ संकल्पां च मुहूर्तां च साध्यां विश्वां च भारत ॥ २४ ॥ मनवे ब्रह्मपुत्राय कन्या दक्षो ददौ दश ॥ ततः सर्वानवद्याङ्ग्यः कन्याः कमललोचनाः ॥ २५ ॥ पूर्णचन्द्रानना दिव्या गन्धवत्यो मनोरमाः ॥ कीर्तिं लक्ष्मीं धृतिं पुष्टिं बुद्धिं मेधां क्षमां तथा ॥ २६ ॥ मति लज्जां वसुं चैव दक्षो धर्माय वै ददौ ॥ अत्रेस्तु तनयो जातस्तस्य तोयात्मकः शशी ॥ २७ ॥ पुत्रो ग्रहाणामधिपः सहस्रांशुस्तमिस्रहा ॥ तस्मै नक्षत्रयोगिन्यः सप्तविंशतिरुत्तमाः ॥ २८ ॥ रोहिणीप्रमुखाः कन्या दक्षः प्राचेतसो ददौ ॥ एतासां पुत्रपौत्रं च प्रोच्यमानं मया शृणु ॥ २९ ॥ कश्यपस्य मनोश्चैव धर्मस्य शशिनस्तथा ॥ अर्यमा वरुणो मित्रः पूषा धाता पुरंदरः ॥ ३० ॥ त्वष्टा भगोंऽशुः सविता पर्जन्यश्चेति विश्रुताः ॥ अदित्यां जज्ञिरे देवाः कश्यपस्य महात्मनः ॥ ३१ ॥ दित्याः पुत्रद्वयं जज्ञे कश्यपादिति नः श्रुतम् ॥ हिरण्यकशिपुश्चैव हिरण्याक्षश्च वीर्यवान् ॥ द्वावप्यमितविक्रान्तौ तपसा कश्यपोपमौ ॥ ३२ ॥ हिरण्यकशिपोः पुत्राः पञ्चैव सुमहाबलाः ॥ प्रह्लादश्चैव संह्लादस्तथाऽनुह्लाद एव च ॥ ३३ ॥ ह्लादश्चैव तु विक्रान्तः पञ्चमोऽनुह्लदस्तथा ॥ प्रह्लादः पूर्वजस्तेषामनुह्लादस्तथा परः ॥३४॥ प्रह्लादस्य त्रयः पुत्रा विक्रान्ताः सुमहाबलाः ॥ विरोचनश्च जम्भश्च सुजम्भश्चेति

कन्यायें ब्याहीं। हे महाराज ! उन दक्षकन्याओंके गर्भसे कश्यप, मनु, धर्म तथा चन्द्रदेवके जो पुत्र-पौत्रगण उत्पन्न हुए, अब उनके विषयमें बताता हूँ। सुनिए—॥२२–२९॥ अर्यमा, वरुण, मित्र, पूषा, धाता, इन्द्र, त्वष्टा, भग, अंशु, सविता और पर्जन्य ये लोकभावन देवगण कश्यपके पुत्र हुए। इन सबका जन्म देवमाता अदितिके गर्भसे हुआ था ॥ ३० ॥ ३१ ॥ मैंने सुना था कि उन महर्षि कश्यपकी पत्नी दितिके गर्भसे दो पुत्र उत्पन्न हुए। उनमें एकका नाम था—हिरण्यकशिपु और दूसरेका नाम था हिरण्याक्ष। वे दोनों असाधारण बलवान् थे और तपस्यामें कश्यपके समान तेजस्वी थे ॥ ३२ ॥ हिरण्यकशिपुके प्रह्लाद, संह्लाद, अनुह्लाद और ह्लाद ये पाँच महाबली और परम पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुए ॥ ३३ ॥ ३४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनमेंसे प्रह्लादके विरोचन, जम्भ और सुजम्भ ये तीन बलवान् और पराक्रमी पुत्र जायमान हुए ॥३५॥ उनमें विरोचनका पुत्र बलि, बलिका पुत्र बाण एवं बाणका पुत्र परपुरञ्जय इन्द्रदमन हुआ ॥ ३६ ॥ दक्षकन्या दनुके गर्भसे भी अनेक पुत्र उत्पन्न हुए। वे सभी प्रसिद्ध, महाबली और परम पराक्रमी थे। उनमें सर्वप्रधान दानव विप्रचित्ति राजपदपर अभिषिक्त हुआ। क्रोधाकी कोखसे भी बहुतेरे पुत्र-पौत्र उत्पन्न हुए। वे सब बड़े भयानक, क्रोधी तथा बड़े क्रूर कर्म करनेवाले थे। चन्द्रमा और सूर्यदेवको ग्रसनेवाला राहु सिंहिकाका पुत्र था ॥ ३७–३९ ॥ नीलमेघवर्ण, प्रदीप्त सूर्यसदृश नेत्रोंवाले, कालके समान भयंकर और परम दारुण कालेयगण दक्षपुत्री कालाके पुत्र थे ॥ ४० ॥ सहस्रशीर्ष शेषभगवान, वासुकी और तक्षक ये तीनों कद्रुके पुत्रोंमें श्रेष्ठ थे ॥ ४१ ॥ ये तीनों धर्मात्मा, वेदज्ञ, लोकहितकारी, लोकाचारपरायण, वरद तथा इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ थे ॥ ४२ ॥ तार्क्ष्य,

विश्रुताः ॥ ३५ ॥ बलिर्विरोचनसुतो बाण एको बलेः सुतः ॥ बाणस्य चेन्द्रदमनः पुत्रः परपुरंजयः ॥ ३६ ॥ दनोः पुत्रास्तु बहवो वंशे ख्याता महासुराः ॥ विप्रचित्तिः प्रथमजस्तेषां राजा महामनाः ॥ ३७ ॥ गणः प्रजज्ञे क्रोधायाः पुत्रपौत्रमनन्तकम् ॥ रौद्राः क्रोधवशा नाम क्रूरकर्माण एव च ॥ ३८ ॥ सिंहिका सुषुवे राहुं चन्द्रार्कग्रहमर्दनम् ॥ ग्रस्तारं चैव चन्द्रस्य सूर्यस्य च महाप्रभम् ॥ ३९ ॥ कालायाः कालकल्पस्तु गणः परमदारुणः ॥ अभवद्दीप्तसूर्याक्षो नीलमेघसमप्रभः ॥ ४० ॥ सहस्रशीर्षः शेषश्च वासुकिस्तक्षकस्तथा ॥ बहूनां कद्रुपुत्राणामेते प्राधान्यमागताः ॥ ४१ ॥ धर्मात्मानो वेदविदः सदा प्राणिहिते रताः ॥ लोकतन्त्रधराश्चैव वरदाः कामरूपिणः ॥४२॥ तार्क्ष्यश्चारिष्टनेमिश्च गरुडश्च महाबलः ॥ अरुणिश्चारुणिश्चैव विनतायाः सुताः स्मृताः ॥ इमाश्चाप्सरसः पुण्या विविधाः पुण्यलक्षणाः ॥४३॥ सुषुवेऽष्टौ महाभागाः प्राधा देवर्षिपूजिता ॥ अनवद्यामनूकां च अनूनामगुणक्रियाम् ॥ अनुगां सुभगां भासीं स्त्रियः प्राधा न्यजायत ॥ ४४ ॥ अलम्बुषा मिश्रकेशी पुण्डरीका तिलोत्तमा ॥ सुरूपा लक्ष्मणा क्षेमा तथा रम्भा मनोरमा ॥ ४५ ॥ असिता च सुबाहुश्च सुवृत्ता सुमुखी तथा ॥ सुप्रिया च सुगन्धा च सुरसा च प्रमाथिनी ॥ ४६ ॥ काम्या शरद्वती चैव मौनेयाप्सरसः स्मृताः ॥ विश्वावसुर्भरण्यश्च गन्धर्वाश्चैव विश्रुताः ॥ ४७ ॥ मेनका सहजन्या च पर्णिनी पुञ्जिकस्थला ॥ घृतस्थला घृताची च विश्वाची चोर्वशी तथा ॥ ४८ ॥ अनुम्लोचेत्यभिख्याता प्रम्लोचेति च ता दश ॥ मनोवती चापि तथा वैदिक्योऽप्सरसस्तथा ॥ ४९ ॥ प्रजापतेस्तु संकल्पात्संभूता भुवनप्रियाः ॥ अमृतं ब्राह्मणा गावो रुद्राश्चेति चतुष्टयम् ॥ ५० ॥ सुरभ्यपत्यमित्येतत्पुराणे

अरिष्टनेमि, गरुड और आरुणि ये विनताके पुत्र थे। अनवद्या, अनूका, अनूना, अगुणक्रिया, अनुगा, सुभगा और भासा ये दक्षकन्या प्राधाकी पुत्रियाँ थीं। अलम्बुषा, मिश्रकेशी, पुण्डरीका, तिलोत्तमा, सुरूपा, लक्ष्मणा, क्षमा, मनोरमा और रम्भा ये देवर्षियों द्वारा पूजित और पुनीत लक्षणोंसे सम्पन्न अप्सरायें हुईं ॥ ४३–४५ ॥ असिता, सुबाहु, सुवृत्ता, सुमुखी, सुप्रिया, सुगन्धा, प्रमाथिनी, सुरसा, काम्या और शरद्वती ये मुनिकी कन्यायें थीं। इनकी भी गणना अप्सराओंमें ही की गयी थी। विश्वावसु और भरण्य ये दोनों गन्धर्व नामसे विख्यात हुए ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ मेनका, सहजन्या, पर्णिनी, पुञ्जिकस्थला, घृतस्थला, घृताची, विश्वाची, उर्वशी, अनुम्लोचा, प्रम्लोचा और मनोवती ये ग्यारह कन्यायें वैदिकी अप्सराओंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नामसे विख्यात थीं ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ ये भुवनप्रिया अप्सराएँ प्रजापतिकी मानस पुत्रियाँ थीं। अमृत, गौ, ब्राह्मण और रुद्रगण सुरभीके पुत्र कहे गये हैं। हे महाराज! ऊपर जिन सन्ततियोंका वर्णन किया गया है, वे सब कश्यपकी सन्तानें थीं। अब मैं मनुकी वंशावलीका संक्षिप्त वर्णन कर रहा हूँ। सुनिए—विश्वेदेवगण विश्वाके, साध्यगण साध्याके, मरुद्गण मरुत्वतीके, वसुगण वसुके, भानुगण भानुके एवं मुहूर्तगण मुहूर्तके पुत्र थे ॥५०–५३॥ मनुपत्नी जामिसे नागवीथी एवं लम्बासे घोषकी उत्पत्ति हुई। हे महाराज! इस पृथिवीकी सभी विषम वस्तुयें मरुत्वतीसे उत्पन्न मानी जाती हैं ॥५४॥ हे कौरव्य! संकल्पासे संकल्प नामके पुत्रकी उत्पत्ति हुई। जगत्प्रभु कामदेव लक्ष्मीपति धर्मके पुत्र हुए ॥ ५५ ॥ हर्ष और यश ये दोनों रतिपति कामदेवके पुत्र थे। रोहिणीके गर्भसे सोमदेव द्वारा वर्चा नामका एक महातेजस्वी पुत्र जायमान हुआ ॥५६॥ भगवान सामदेव उदय होते ही उस पुत्रके प्रभावसे तेजस्वी हो उठते हैं। उस पुत्रके कारण ही पुरूरवा तथा उर्वशीका मिलन हुआ था ॥ ५७ ॥ इस प्रकार हजारों पुत्रों और पुत्रियोंका परस्पर सम्बन्ध ही संसारका मूल कारण है और इन्हींसे जगत्की

निश्चयो महान् ॥ एतद्वै कश्यपापत्यं मनोर्वंशं निबोध मे ॥ ५१ ॥ संक्षेपेणैव तत्सर्वं कीर्तयिष्यामि तेऽनघ ॥ विश्वेदेवास्तु विश्वायाः साध्या साध्यान्व्यजायत ॥५२॥ मरुत्वत्यां मरुत्वन्तो वसोस्तु वसवः स्मृताः ॥ भानोस्तु भानवस्तात मुहूर्ताश्च मुहूर्तजाः ॥५३॥ लम्बा घोषं विजज्ञेऽथ नागवीथी च जामिजा ॥ पृथिव्यां विषमं सर्वं मरुत्वत्यामजायत ॥ ५४ ॥ संकल्पायास्तु कौरव्य जज्ञे संकल्प एव च ॥ धर्मस्य पुत्रो लक्ष्म्यास्तु कामो जज्ञे जगत्प्रभुः ॥ ५५ ॥ यशो हर्षश्च कामश्च रत्यां पुत्रद्वयं स्मृतम् ॥ सोमस्य पुत्रो रोहिण्यां जज्ञे वर्चा महाप्रभः ॥ ५६ ॥ उदयन्नेव भगवान्वर्चस्वी येन जायते ॥ पुरूरवाश्च भगवानुर्वशी येन युज्यते ॥५७॥ एवं पुत्रसहस्राणि स्त्रीणां चैव परस्परम् ॥ एतावत्तु जगन्मूलं यत्र लोकाः प्रतिष्ठिताः ॥५८॥ प्रजापतिंस्तु भगवान्युगतः प्रेक्ष्य देहिनः ॥ आधिपत्येषु युक्तेषु नियोजयति योगवित् ॥ ५९ ॥ दिशो दश क्षितिमृषयोऽर्णवान्नगान्द्रुमौषधीरुरगसरित्सुरासुरान् ॥ प्रजापतिर्भुवनसृजो नभोभुवः क्रियां मखानथ कृतवान्गिरींश्च सः ॥ ६० ॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ त्रयाणामपि लोकानामादित्यानां च भारत ॥ चकार शक्रं राजानमादित्यसमतेजसम् ॥ १ ॥ स वज्री कवची विष्णुरदित्यामभिजज्ञिवान् ॥ स्मृतेः सहायो द्युतिमान्यथा सोऽध्वर्य्यभिष्टुतः ॥ २ ॥ जातमात्रोऽथ भगवान्स कुशैर्ब्राह्मणैर्धृतः ॥ तदाप्रभृति देवेशः कौशि-

प्रतिष्ठा हुई है ॥ ५८ ॥ तदनन्तर भगवानने प्रजापतिको शरीरधारी प्राणियोंके आवश्यक कर्तव्य तथा आधिपत्यकार्यपर नियुक्त कर दिया ॥ ५९ ॥ फलतः वे ही दसों दिशा, पृथिवी, समुद्र, पक्षी, वृक्ष, औषधि, सर्प, सरित्, सुर, असुर, भुवनस्रष्टा प्रजापति, आकाश, पर्वत, ये पार्थिव कार्य और सब यज्ञोंकी सृष्टिके मूल कारण माने जाते हैं ॥ ६० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

(ब्रह्मा द्वारा सब लोगोंको पृथक्-पृथक् अधिकारदान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान नारायणने यह सब सृष्टि करनेके बाद अमित तेजस्वी इन्द्रको समस्त त्रिलोकी तथा अदितिपुत्र देवताओंके आधिपत्यपदपर नियुक्त कर दिया ॥ १ ॥ वे वज्र तथा कवचधारी और जयशील इन्द्रदेव अदितिके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। अध्वर्युगण स्मृतियोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सहायक उन इन्द्रदेवकी स्तुति करते हैं ॥२॥ जन्म ग्रहण करते ही इन्द्रदेव ब्राह्मणों द्वारा कुशमें लपेट दिये गये थे। इसी कारण उसी समय उनका कौशिक नाम पड़ गया था ॥ ३ ॥ भगवान् ब्रह्मा सर्वप्रथम सहस्राक्ष इन्द्रको त्रिलोकीके राज्यपदपर अभिषिक्त करके क्रमशः अन्यान्य राज्योंपर अन्यान्य व्यक्तियोंको अभिषिक्त किया ॥४॥ उन्होंने यज्ञ, तपस्या, ग्रह, नक्षत्र, ब्राह्मण और औषधियोंके आधिपत्यपदपर चन्द्रदेवको, प्रजापतिपदपर दक्षको, जलाधिपतिपदपर वरुणको, पितरोंके आधिपत्यपदपर सर्वविनाशन वैश्वानर तथा यमको, समस्त गन्ध, सब प्रकारके अशरीरी प्राणियों, शब्द, आकाश एवं बल इन सबके आधिपत्यपदपर वायुको नियुक्त किया ॥ ५–७ ॥ सभी भूतों, पिशाचों, मृत्यु, मातृगणों, धेनुगणों, समस्त उत्पातों, ग्रहों, रोगों, व्याधियों, समस्त ईतियों एवं समस्त प्रेतोंके अधिपतिपदपर उन्होंने शिवजीका अभिषेक किया। यक्षों, राक्षसों, गुह्यकों एवं धन-रत्नके आधिपत्यपदपर उन्होंने कुबेरको नियुक्त

कत्वमुपागतः ॥ ३ ॥ अभिषिच्याधिराज्ये तु सहस्राक्षं पुरन्दरम् ॥ ब्रह्मा क्रमेण राज्यानि व्यादेष्टुमुपचक्रमे ॥ ४ ॥ यज्ञानां तपसां चैव ग्रहनक्षत्रयोस्तथा ॥ द्विजानामोषधीनां तु सोमं राज्येऽभ्यषेचयत् ॥ ५ ॥ दक्षं प्रजापतीनां तु अम्भसां वरुणं पतिम् ॥ पितॄणां सर्वनिधन कालं वैश्वानरं प्रभुम् ॥ ६ ॥ गन्धानां चैव सर्वेषां भूतानां च शरीरिणाम् ॥ शब्दाकाशबलानां च वायुरीशस्तदा कृतः ॥ ७ ॥ सर्वभूतपिशाचानां मृत्यूनां च गवां तथा ॥ उत्पातग्रहरोगाणां व्याधीनां तु तथैव च ॥ ८ ॥ प्रेतानां चैव सर्वेषां महादेवः कृतः प्रभुः ॥ यक्षाणां राक्षसानां च गुह्यकानां धनस्य च ॥ ९ ॥ रत्नानां चैव सर्वेषां कृतो वैश्रवणः प्रभुः ॥ सर्वेषां दंष्ट्रिणां शेषो नागानामथ वासुकिः ॥ १० ॥ सरीसृपाणां सर्वेषां प्रभुर्वै तक्षकः कृतः ॥ सागराणां नदीनां च मेघानां वर्षणस्य च ॥ आदित्यानामवरजः पर्जन्योऽधिपतिः कृतः ॥ ११ ॥ गन्धर्वाणामधिपतिस्तथा चित्ररथः कृतः ॥ सर्वाप्सरोगणानां च कामदेवः प्रभुः कृतः ॥ १२ ॥ चतुष्पदानां सर्वेषां वाहनानां च सर्वशः ॥ महेश्वरध्वजः श्रीमान्गोवृषोऽधिपतिः कृतः ॥ १३ ॥ दैत्यानां च महातेजा हिरण्याक्षः प्रभुः कृतः ॥ हिरण्यकशिपुश्चैव यौवराज्येऽभिषेचितः ॥ १४ ॥ गणानां कालकेयानां महाकालः प्रभुः कृतः ॥ अनायुषायाः पुत्राणां वृत्रो राजा तदा कृतः ॥ १५ ॥ सिंहिकातनयो यस्तु राहुर्नाम महासुरः ॥ उत्पातानामनेकानामशुभानां प्रभुः कृतः ॥ १६ ॥ ऋतूनामथ सर्वेषां युगानां चैव भारत ॥ पक्षाणां चैव मासानां तथैव तिथिपर्वणाम् ॥ १७ ॥ कलाकाष्ठामुहूर्तानां गतेरयनयोस्तथा ॥

किया। समस्त दंष्ट्राधारी जीवोंके आधिपत्यपदपर आदित्यगणके कनिष्ठ भ्राता पर्जन्यको नियुक्त की ॥ ८–१० ॥ नागगणके आधिपत्यपदपर उन्होंने तक्षक नागको नियुक्त किया। सभी नदियों, मेघों तथा वर्षाके आधिपत्यपदपर आदित्यके कनिष्ठ भ्राता पर्जन्यको नियुक्त किया ॥ ११ ॥ उन्होंने सब गन्धर्वोंका अधिपति चित्ररथको तथा सब अप्सराओंका प्रभु कामदेवको बनाया ॥ १२ ॥ सभी चौपायों तथा वाहनोंके अधिपतिपदपर महेश्वरके ध्वजस्वरूप वृषभकी नियुक्ति की ॥ १३ ॥ सब दैत्योंके अधिपतिपदपर हिरण्याक्षको नियुक्त करके उन्होंने हिरण्यकशिपुको युवराजपदपर अभिषिक्त कर दिया ॥ १४ ॥ कालकेयगणके अधिपतिपदपर ब्रह्माजीने महाकालकी नियुक्ति की और अनायुषाके पुत्रोंका अधिपति वृत्रासुर बना ॥ १५ ॥ सिंहिकातनय राहु नामका महान् असुर विविध उत्पातों तथा अशुभोंका अधिपति बनाया गया ॥ १६ ॥ सभी ऋतुओं, युगों, पक्षों, मासों, तिथियों, पर्वों, कला, काष्ठा, मुहूर्त, गति,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अयन, योग और गणितके पदपर ब्रह्माजीने संवत्सरकी नियुक्ति की ॥ १७ ॥ १८ ॥ सब पक्षियों, नेत्रों तथा सर्पोंके अधिपतिपदपर उन्होंने गरुड़को नियुक्त किया ॥ १९ ॥ सभी योगों तथा साध्योंके अधिपति जपापुष्पके सदृश रक्तवर्ण और गरुड़के भ्राता अरुण बनाये गये ॥ २० ॥ तदनन्तर देवराज इन्द्रने अरुणपुत्र विरथको पूर्वदिशा और सूर्यपुत्र महायशस्वी धर्मराज यमको दक्षिण दिशाका अधिपति बनाया ॥ २१ ॥ २२ ॥ महर्षि कश्यपके औरस पुत्र अम्बुराज वरुणको उन्होंने पश्चिम दिशाका स्वामी नियत किया ॥ २३ ॥ महर्षि पुलस्त्यके पुत्र एवं महेन्द्र तुल्य तेजस्वी एकचक्षुपिंगल कुबेर उत्तर दिशाके पालनकार्यपर नियुक्त हुए ॥ २४ ॥ हे महाराज ! लोकभावन स्वयंभू ब्रह्माने इस प्रकार राज्यविभाजन करके स्वर्गमें सबको पृथक्-पृथक् स्थान प्रदान किया ॥२५॥ उनमेंसे किसीको उन्होंने सूर्यसदृश तेजस्वी, किसीको अग्नि जैसा देदीप्यमान, किसीको बिजली जैसा तेजोयुक्त और किसीको चन्द्रमा-

कृतः संवत्सरो राजा योगस्य गणितस्य च ॥ १८॥ पक्षिणां चैव सर्वेषां चक्षुषां च महाबलः ॥ सुपर्णो भोगिनां चैव गरुडोऽधिपतिः कृतः ॥१९॥
अरुणो गरुडभ्राता जपापुष्पचयप्रभः ॥ योगानां चैव सर्वेषां साध्यानामधिपः कृतः ॥ २० ॥ पुत्रोऽस्य विरथो नाम कश्यपस्य प्रजापतेः ॥ राजा
प्राच्यां दिशि तथा वासवेनाधिपः कृतः ॥ २१ ॥ आदित्यस्य विभोः पुत्रो धर्मराजो महायशाः ॥ दक्षिणस्यां दिशि यमो महेन्द्रेणैव सत्कृतः
॥ २२ ॥ कश्यपस्यौरसः पुत्रः सलिलान्तर्गतः सदा ॥ अम्बुराज इति ख्यातः प्रतीच्यां दिशि पार्थिवः ॥ २३ ॥ पुलस्त्यपुत्रो द्युतिमान्महेन्द्रप्र-
तिमः प्रभुः ॥ एकाक्षः पिङ्गलो नाम सौम्यायां दिशि पार्थिव ॥ २४ ॥ एवं विभज्य राज्यानि स्वयंभूर्लोकभावनः ॥ लोकांश्च त्रिदिवे दिव्यान-
ददत्स पृथक्पृथक् ॥ २५ ॥ कस्यचित्सूर्यसंकाशान्कस्यचिद्वह्निसन्निभान् ॥ कस्यचित्सुष्ठु विद्योतान्कस्यचिच्चन्द्रनिर्मलान् ॥२६॥ नानावर्णान्काम-
गमाननेकशतशो जनान् ॥ स तान्सुकृतिनां लोकान्पापदुष्कृतिदुर्लभान् ॥ २७ ॥ येषां भासो विभान्त्यग्रे सौम्यास्तारागणा इव ॥ एते सुकृतिनां
लोका ये जाताः पुण्यकर्मिणः ॥ २८ ॥ ये यजन्ति मखैः पुण्यैः समाप्तवरदक्षिणैः ॥ स्वदारनिरताः शान्ता ऋजवः सत्यवादिनः ॥ २९ ॥
दीनानुग्रहकर्तारो ब्रह्मण्या लोभवर्जिताः ॥ संत्यक्तरजसः सन्तो यान्ति तत्र तपोऽमलाः ॥ ३० ॥ एवं नियुज्य तनयान्स्वयं लोकपितामहः ॥
पुष्करं ब्रह्मसदनमारुरोह प्रजापतिः ॥ ३१ ॥ सर्वे स्वयंभुदत्तेषु पालनेषु दिवौकसः ॥ रेमिरे स्वेषु लोकेषु महेन्द्रेणाभिपालिताः ॥ ३२ ॥ स्वयं-

सदृश निर्मल लोक प्रदान किया ॥ २६ ॥ सज्जन पुरुष अपने पुण्यबलसे इन सब स्थानोंको प्राप्त करते हैं। दुराचारपरायण पापी प्राणी कदापि इन लोकोंको नहीं प्राप्त कर पाते ॥ २७ ॥ पुण्यात्माजन जिन लोकोंको प्राप्त करते हैं, वे लोक तारागणोंके समान देदीप्यमान रहते हैं ॥ २८ ॥ जो सदा स्वपत्नीनिरत, उदार, सरलचित्त, सत्यवादी, दीनपालक, ब्रह्मनिष्ठ और निर्लोभ रहकर उत्तम दक्षिणाओंयुक्त यज्ञ करते हैं, उन्हीं तपस्वियोंको वे सुकृत लोक प्राप्त होते हैं ॥ २९ ॥ ३० ॥ हे राजन् ! लोकपितामह ब्रह्माने अपने पुत्रोंको इस प्रकार अपने-अपने स्थानोंपर नियुक्त करके स्वयं ब्रह्मसदन अर्थात् विष्णुनाभिस्थित कमलपर चले गये ॥३१॥ इधर देवतागण भी देवराज इन्द्रके द्वारा संरक्षित होते हुए परम सुखके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ लोकपितामह ब्रह्माजीके द्वारा दिये हुए पदोंका उपभोग करने लगे ॥ ३२ ॥ इन्द्र आदि देवता ब्रह्माजीकी आज्ञाका पालन करते और विपुल यश, यज्ञभाग तथा अपार हर्षका लाभ लेते हुए बड़े आनन्दके साथ स्वर्गमें रहने लगे ॥ ३३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणो' भाषाटीकायां सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

(देवताओंके साथ हिरण्याक्षका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! एक बार भगवानकी मायासे असुरोंके मित्र पर्वतगण पृथिवी त्यागकर हिरण्याक्षपालित पश्चिम दिशाको चले गये और वहाँ गजराजकी तरह सरोवरमें निमग्न हो गये ॥ १ ॥ २ ॥ उस समय असुरवर हिरण्याक्ष असुरपुरीका पालन कर रहा था । उन सपक्ष पर्वतोंने वहाँ पहुँचकर देवताओंके एकाधिपत्य पदप्राप्तिका सब वृत्तान्त असुरोंको बताया । यह समाचार सुनकर क्रूरतावश वे असुर प्रकृष्टरूपसे युद्धोद्योगमें लग गये ॥ ३ ॥ योजनानुसार उन्होंने चक्र,

भुवा शक्रपुरःसराः सुराः कृता यथार्हं प्रतिपालनेषु ते ॥ यशो दिवं च प्रतिपेदिरे शुभं मुदं च जग्मुर्मखभागभोजिनः ॥ ३३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ कदाचित्तु सपक्षास्ते पर्वता धरणीधराः ॥ प्रस्थिता धरणीं त्यक्त्वा नूनं तस्यैव मायया ॥ १ ॥ तदाऽसुराणां निलयं हिरण्याक्षेण पालितम् ॥ दिशं प्रतीचीमागम्य ह्रदेऽमज्जन् यथा गजाः ॥ २ ॥ तत्रासुरेभ्यः शंसन्त आधिपत्यं सुराश्रयम् ॥ तच्छ्रुत्वाऽथासुराः सर्वे चक्रुरुद्योगमुत्तमम् ॥ ३ ॥ क्रूरां च बुद्धिमतुलां पृथिवीहरणे रताः ॥ आयुधानि च सर्वाणि जगृहुर्भीमविक्रमाः ॥ ४ ॥ चक्राशनींस्तथा खड्गान्भुशुण्डीश्च धनूंषि च ॥ प्रासान्पाशांश्च शक्तीश्च मुसलानि गदास्तथा ॥ ५ ॥ केचित्कवचिनः सज्जा मत्तनागांस्तथा परे ॥ केचिदश्वरथान् युक्ता अपरेऽश्वान्महासुराः ॥ ६ ॥ केचिदुष्ट्रांस्तथा खड्गान्महिषान्गर्दभानपि ॥ स्वबाहुबलमास्थाय केचिच्चापि पदातयः ॥ ७ ॥ परिवार्य हिरण्याक्षं तलबद्धाः कलापिनः ॥ इतश्चेतश्च निश्चेरुर्हृष्टाः सर्वे युयुत्सवः ॥ ८ ॥ ततो देवगणाः पश्चात्पुरन्दरपुरोगमाः ॥ दैत्यानां विदितोद्योगाश्चक्रुरुद्योगमुत्तमम् ॥ ९ ॥ महता चतुरङ्गेण बलेन सुसमाहिताः ॥ बद्धगोधांगुलित्राणास्तूणवन्तः समार्गणाः ॥ १० ॥ उग्रायुधधरा देवाः स्वेष्वनीकेष्वव-

अशनि, खड्ग, धनुष, प्रास, पाश, शक्ति, मुसल, गदा आदि परम उत्कृष्ट शस्त्रास्त्रोंको धारण कर लिया । उन सबकी बुद्धि क्रूर थी और वे समस्त पृथिवी अपने कब्जेमें कर लेना चाहते थे ॥ ४ ॥ ५ ॥ कवच धारण करके और शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित होकर कुछ दैत्य मत्त हाथियोंपर, कुछ घोड़ोंपर, कुछ अश्वयुक्त रथोंपर, कुछ ऊँटोंपर, कुछ बैलोंपर, कुछ भैंसोंपर, कुछ गधोंपर और कुछ दैत्य अपने बाहुबलका भरोसा करके शत्रुपर पैदल ही आक्रमण करनेके विचारसे पदातिवेशमें तैयार होकर खड़े हो गये ॥ ६ ॥ ७ ॥ इस प्रकार सभी असुर सुसज्जित हो और अपने प्रभु हिरण्याक्षको चारों ओरसे परिवेष्टित करके महान् आनन्दके साथ समरकी अभिलाषावश इधर-उधर टहलने लगे ॥ ८ ॥ इधर इन्द्रादि देवता भी दैत्योंके युद्धोद्योगसे अवगत होकर अपनी चतुरंगिणी सेनासे सुसज्जित हो गये और उत्तम रीतिसे युद्धोद्योगमें जुट पड़े ॥ ९ ॥ वे गोधाचर्मनिर्मित अंगुलित्राण, तूणीर और बाण आदि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उग्रतम शस्त्रास्त्र धारण करके अपनी-अपनी सेनामें जा उपस्थित हुए। तदनन्तर ऐरावतारूढ़ इन्द्रदेवको आगे करके देवता युद्धके लिए उनके पीछे-पीछे चल पड़े ॥ १० ॥ ११ ॥ उस समय भेरी-तुरही आदि विविध रणवाद्य बजने लगे। उसी अवसरपर हिरण्याक्ष देवराज इन्द्रकी ओर लपका ॥१२॥ उनके समक्ष पहुँचकर हिरण्याक्षने परशु, निस्त्रिंश, गदा, तोमर, शक्ति, मुसल और भिन्दिपाल प्रभृति शस्त्रोंकी वर्षासे देवराजको ढाँक दिया ॥ १३ ॥ तदनन्तर बड़े वेगके साथ दीप्तिमती एवं घोरतर बाणवृष्टि होने लगी ॥ १४ ॥ इधर अन्यान्य महाबली और परम पराक्रमी दैत्यगण तीक्ष्णधार परश्वध, लौहपरिघ, खड्ग, क्षेपणीय, मुद्गर, गण्डशैल, गुरुतर घातिनी शतघ्नी, युग, यन्त्र एवं अर्गलदण्ड द्वारा इन्द्रादि देवताओंपर प्रहार करने लगे ॥ १५–१७ ॥ उधर इन्द्रादि देवता भी धूम्रकेश, हरितवर्ण श्मश्रु, सन्ध्याकालीन मेघसदृश रक्तवर्ण शरीर, उज्ज्वल किरीटधारी, नीलपीताम्बर, शुभ्र, उज्ज्वल और ऊर्ध्व मुख-

स्थिताः ॥ ऐरावतगतं शक्रमन्वगच्छन्त पृष्ठतः ॥ ११ ॥ ततस्तूर्यनिनादेन भेरीणां च महास्वनैः ॥ अभ्यद्रवद्धिरण्याक्षो देवराजं पुरन्दरम् ॥१२॥
तीक्ष्णैः परशुनिस्त्रिंशैर्गदातोमरशक्तिभिः ॥ मुसलैः पट्टिशैश्चैव छादयामास वासवम् ॥ १३ ॥ ततोऽस्त्रबलवेगेन सार्चिष्मत्यः सुदारुणाः ॥ घोर-
रूपा महावेगा निपेतुर्बाणवृष्टयः ॥ १४ ॥ शिष्टाश्च दैत्या बलिनः शितधारैः परश्वधैः ॥ परिघैरायसैः खड्गैः क्षेपणीयैश्च मुद्गरैः ॥ १५ ॥ गण्डशै-
लैश्च विविधै रश्मिभिश्चाद्रिसन्निभैः ॥ घातिनीभिश्च गुर्वीभिः शतघ्नीभिस्तथैव च ॥१६॥ युगैर्यन्त्रैश्च निर्मुक्तैरर्गलैश्च विदारणैः ॥ सर्वान्देवगणान्दैत्याः
सन्निजघ्नुः सवासवान् ॥ १७॥ धूम्रकेशं हरिश्मश्रुं नानाप्रहरणायुधम् ॥ रक्तसन्ध्याभ्रसंकाशं किरीटोत्तमधारिणम् ॥ १८ ॥ नीलपीताम्बरधरं शित-
दंष्ट्रोर्ध्वधारिणम् ॥ आजानुबाहुं हर्यक्षं वैदूर्याभरणोज्ज्वलम् ॥ १९ ॥ समुद्यतायुधं दृष्ट्वा सर्वे देवगणास्तदा ॥ ते हिरण्याक्षमसुरं दैत्यानामग्रतः
स्थितम् ॥ २० ॥ युगान्तसमये भीमं स्थितं मृत्युमिवाग्रतः ॥ प्रविव्यथुः सुराः सर्वे तदा शक्रपुरोगमाः ॥ २१ ॥ दृष्ट्वाऽऽयान्तं हिरण्याक्षं महाद्रिमिवं
जङ्गमम् ॥ देवाः संविग्नमनसः प्रगृहीतशरासनाः ॥ २२ ॥ सहस्राक्षं पुरस्कृत्य तस्थुः संग्राममूर्धनि ॥ सा च दैत्यचमू रेजे हिरण्यकवचोज्ज्वला
॥ २३ ॥ प्रवृद्धनक्षत्रगणा शारदी द्यौरिवामला ॥ तेऽन्योन्यमपि सम्पेतुः पातयन्तः परस्परम् ॥ २४ ॥ बभञ्जुर्बाहुभिर्बाहून्द्वन्द्वमन्ये युयुत्सवः ॥
गदानिपातैर्भग्नाङ्गा बाणैश्च व्यथितोरसः ॥ २५ ॥ विनिपेतुः पृथक्केचित्तथान्येऽपि विजघ्निरे ॥ बभञ्जिरे रथान्केचित्केचित्संमृदिता रथैः ॥ २६ ॥

दन्तधारी, आजानुलम्बित बाहु, सिंहनेत्र, वैदूर्यमणिविभूषित, नानास्त्रधारी, उद्यतायुध, महाबली, पराक्रमी, दैत्योंके अभयदाता, प्रलयाग्नि तथा मृत्युसदृश भयानक महान् असुर हिरण्याक्ष-को सम्मुख उपस्थित देखकर चारों ओरसे उसे मारने लगे ॥१८–२१॥ फिर भी दैत्यवर हिरण्याक्ष आगे ही बढ़ता रहा। देवतागण जंगम महापर्वतके समान भीमकाय हिरण्याक्षको अपनी ओर आते देखकर भयभीत हो गये और धनुष-बाण लिये हुए भाग-भागकर इन्द्रके पीछे जा खड़े हुए। इधर सुवर्णकवचधारिणी दैत्यसेना नक्षत्रपरिपूर्ण शारदीय मेघमण्डलके समान शोभित हुई। तदनन्तर दैत्य और देवसैन्यके परस्पर भिड़ जानेपर घोरतर युद्ध होने लगा ॥२२–२४॥ उस द्वन्द्वयुद्धमें किसीका हाथ टूट गया, गदाके आघातसे किसीका शरीर चूर्ण हो गया, बाणोंके प्रहारसे किसीका वक्षःस्थल विदीर्ण हो गया, कुछ दैत्य पृथिवीपर गिर गये, कुछ दैत्योंका माथा घूमने लगा, कुछ दैत्य शत्रुके रथोंको तोड़ने लगे और कुछ दैत्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन रथोंके नीचे पिस गये ॥२५॥२६॥ कुछ देर बाद इस प्रकार सेनासम्बाध उपस्थित हुआ कि किसीका रथ चलाना असम्भव हो गया। इस प्रकार दानवरूपी महामेघ तथा देवगणोंके अस्त्रस्वरूप विद्युत् एवं उभयपक्षीय बाणवृष्टिसे घोरतर युद्धदुर्दिन उपस्थित हो गया। पर्वके दिनोंपर जैसे समुद्र क्षुब्ध हो उठता है, उसी प्रकार बलवान् दैत्य हिरण्याक्ष क्रुद्ध हो उठा। उस क्रुद्ध दैत्यके मुखसे सहसा आगकी लपटें निकलने लगीं ॥ २७–२९ ॥ दैत्यवर हिरण्याक्षके विविध शस्त्रसमूह, धनुष तथा परिघ अस्त्र द्वारा सारा आकाशमण्डल आच्छन्न हो गया। जिससे ऐसा लगने लगा कि मानो ऊँचे-ऊँचे पहाड़ोंसे आकाश ढँक गया हो ॥ ३० ॥ दैत्यराज हिरण्याक्षके निस्त्रिंशप्रहारसे देवताओंके मस्तक फट गये और वक्षःस्थल विदीर्ण हो गये। इस प्रकार हिरण्याक्षके प्रहारसे देवता चलने-फिरनेमें भी समर्थ नहीं रहे ॥३१॥ इससे वे इतने भयभीत हो गये कि प्रयत्न रहते हुए भी वे कुछ न करके चुपचाप खड़े रह गये ॥ ३२ ॥ ऐरावतारोही देवराज इन्द्र भी उस बुद्धिमान् दैत्यके अस्त्रसे स्तम्भित होकर कुछ नहीं कर सके। भयवश वे अपने स्थानसे हिल भी नहीं सके ॥३३॥ मस्त गजराजके सदृश

सम्बाधमन्ये सम्प्राप्ता न शेकुश्चलितुं रथाः ॥ दानवेन्द्रबलं घर्तुं देवानां च महद्बलम् ॥२७॥ अन्योन्यबाणवर्षेण युद्धदुर्दिनमाबभौ ॥ हिरण्याक्षस्तु बलवान्क्रुद्धः स दितिनन्दनः ॥ २८ ॥ व्यवर्द्धत महातेजाः समुद्र इव पर्वणि ॥ तस्य क्रुद्धस्य सहसा मुखान्निश्चेरुरर्चिषः ॥ २९ ॥ शस्त्रजालैर्बहुविधैर्धनुर्भिः परिघैरपि ॥ सर्वमाकाशमावव्रे पर्वतैरुत्थितैरिव ॥ ३० ॥ बहुभिः शस्त्रनिस्त्रिंशैश्छिन्नभिन्नशिरोरसः ॥ न शेकुश्चलितुं देवा हिरण्याक्षार्दिता युधि ॥ ३१ ॥ सर्वे वित्रासिता देवा हिरण्याक्षेण संयुगे ॥ न शेकुर्यत्नवन्तोऽपि यत्नं कर्तुं विचेतसः ॥ ३२ ॥ तेन शक्रः सहस्राक्षः स्तम्भितोऽस्त्रेण धीमता ॥ ऐरावतगतः संख्ये नाशकच्चलितुं भयात् ॥ ३३ ॥ सर्वांश्च देवानखिलान्स पराजित्य दानवः ॥ स्तम्भयित्वा च देवेशमात्मस्थं मन्यते जगत् ॥ ३४ ॥ सतोयमेघप्रतिमोग्रनिःस्वनं प्रभिन्नमातङ्गविलासविग्रहम् ॥ धनुर्विधुन्वन्तमुदारवर्चसं तदाऽसुरेन्द्रं ददृशुः सुराः स्थिताः ॥ ३५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वाराहावतारेऽष्टात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ निष्प्रयत्ने सुरपतौ धर्षितेषु सुरेषु च ॥ हिरण्याक्षवधे बुद्धिं चक्रे चक्रगदाधरः ॥ १ ॥ वाराहः पर्वतो नाम यः पूर्वं समुदाहृतः ॥ स एष भूत्वा भगवानाजगामासुरान्तकृत् ॥२॥ ततश्चन्द्रप्रतीकाशमगृह्णाच्छङ्खमुत्तमम् ॥ सहस्रारं च तच्चक्रं चक्रपर्वतसन्निभम् ॥३॥

पराक्रमी दैत्य हिरण्याक्षने इस प्रकार सब देवताओंको परास्त करके समस्त विश्वको आत्मसात् समझ लिया ॥ ३४ ॥ उस समय देवताओंने देखा कि हिरण्याक्ष सजल जलधरके सदृश भीषण गर्जन तथा मतवाले हाथीके समान अनेक प्रकारके कौतुक करता हुआ बड़े वेगसे धनुपका टंकोर कर रहा है ॥३५॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टात्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

(वाराहभगवान द्वारा हिरण्याक्षका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब देवराज इन्द्र तथा अन्यान्य देवगण इस प्रकार पराजित हो गये, तब चक्र-गदाधर वाराहभगवानने हिरण्याक्षके वधका संकल्प किया ॥ १ ॥ इसके पहले जिन्होंने वाराहरूप धारण करके वसुन्धराका उद्धार किया था, वे ही असुरान्तकारी नारायण अब रणभूमिमें जा उपस्थित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए ॥२॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने शरत्कालीन चन्द्रमाके सदृश उज्ज्वल अपना शंख एवं पर्वताकार सहस्रधार चक्र सम्हाला ॥३॥ देवगण जिन्हें महादेव, महाबुद्धि, महायोगी तथा महेश्वर कहते हैं, जो सदा सब जीवोंमें श्रेष्ठरूपसे विराजमान रहते हैं, साधुजन सर्वदा जिनकी सेवा करते हैं, जो लोकभावन और जगत्पूज्य हैं, जो देवताओंके लिए वैकुण्ठ, भोगियोंके लिए अनन्त, योगियोंके विष्णु और यज्ञकर्ताओंके यज्ञ हैं ॥ ४–६ ॥ जिनकी कृपासे देवता भुवनमें स्थित होकर महर्षियों द्वारा प्रदत्त त्रिधा हुत यज्ञीय आज्यका भोग करते हैं ॥ ७ ॥ जो दैत्योंके लिए मरणाग्नि तथा देवताओंके आश्रय हैं, जो पवित्र वस्तुओंमें सबसे पवित्र हैं, जो स्वयम्भू ब्रह्माके भी प्रभु हैं ॥८॥ जिनका चक्रास्त्र प्रत्येक युगमें दृप्त दानवकुलमें प्रविष्ट होकर उन सबको व्याकुल कर देता है ॥ ९ ॥ वे ही जगत्पूज्य देव नारायण जब अपना दैत्यविमोहन पुरातन शंख बजाकर दैत्योंकी जीवनी शक्तिका अपहरण करने लगे, तब

महादेवो महाबुद्धिर्महायोगी महेश्वरः ॥ पठ्यते योऽमरैः सर्वैर्गुह्यैर्नामभिरव्ययः ॥ ४ ॥ सदसच्चात्मनि श्रेष्ठः सद्भिर्यः सेव्यते सदा ॥ इज्यते यः पुराणैश्च त्रिलोके लोकभावनः ॥ ५ ॥ यो वैकुण्ठः सुरेन्द्राणामनन्तो भोगिनामपि ॥ विष्णुर्यो योगविदुषां यो यज्ञो यज्ञकर्मणाम् ॥ ६ ॥ मखे यस्य प्रसादेन भुवनस्था दिवौकसः ॥ आज्यं महर्षिभिर्दत्तमश्नुवन्ति त्रिधा हुतम् ॥ ७ ॥ यो गतिर्देवदैत्यानां यः सुराणां परा गतिः ॥ यः पवित्रं पवित्राणां स्वयंभुरव्ययो विभुः ॥ ८ ॥ यस्य चक्रप्रविष्टानि दानवानां युगे युगे ॥ कुलान्याकुलतां यान्ति यानि दृप्तानि वीर्यतः ॥९॥ ततो दैत्यद्रवकरं पौराणं शंखमुत्तमम् ॥ धमन्वक्त्रेण बलवानाक्षिपद्दैत्यजीवितम् ॥ १० ॥ श्रुत्वा शंखस्वनं घोरमसुराणां भयावहम् ॥ क्षुभिता दानवाः सर्वे दिशो दश व्यलोकयन् ॥११॥ ततः संरक्तनयनो हिरण्याक्षो महासुरः ॥ कोऽयमित्यब्रवीद्रोषान्नारायणमुदैक्षत ॥१२॥ वाराहरूपिणं देवं संस्थितं पुरुषोत्तमम् ॥ शंखचक्रोद्यतकरं देवानामार्त्तिनाशनम् ॥ १३ ॥ रराज शंखचक्राभ्यां ताभ्यामसुरसूदनः ॥ सूर्याचन्द्रमसोर्मध्ये यथा नीलपयोधरः ॥ १४ ॥ ततोऽसुरगणाः सर्वे हिरण्याक्षपुरोगमाः ॥ उद्यतायुधनिस्त्रिंशा दृप्ता देवमुपाद्रवन् ॥ १५ ॥ पीड्यमानोऽतिबलिभिर्दैत्यैः सर्वायुधोद्यतैः ॥ न चचाल हरिर्युद्धेऽकम्प्यमान इवाचलः ॥१६॥ ततः प्रज्वलितां शक्तिं वाराहोरसि दानवः ॥ हिरण्याक्षो महातेजाः पातयामास वीर्यवान् ॥१७॥

मानवगण वह असुरभयावह घोरतर शंखनिनाद सुनकर नितान्त क्षुब्ध हो उठे और विस्मित भावसे दसों दिशाओंकी ओर निहारने लगे ॥१०॥११॥ उस समय महान् असुर हिरण्याक्ष क्रोधसे लाल नेत्र करके 'यह कौन है ?' यों कहकर भगवानको निहारने लगा ॥१२॥ इस प्रकार पुरुषोत्तम, वाराहरूपधारी, शंख-चक्र धारण किये हुए और देवताओंके दुःखनाशक भगवान नारायणको उसने अपने सम्मुख उपस्थित देखा ॥१३॥ इधर एक हाथमें शंख और दूसरेमें चक्रास्त्र धारण करके वाराहभगवान सूर्य और चन्द्रमण्डलके मध्यमें विराजमान नील मेघके समान शोभित हो रहे थे ॥ १४ ॥ तदनन्तर हिरण्याक्ष प्रभृति असुरगण निस्त्रिंश आदि नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र धारण करके वाराहभगवानकी ओर झपटे ॥ १५ ॥ निकट पहुँचकर दैत्य उनपर नाना प्रकारके शस्त्रों द्वारा प्रहार करने लगे। इससे भगवान अत्यन्त पीडित हुए। तथापि वे पर्वतकी तरह अटल और अचलभावसे खड़े रह गये—अपने स्थानसे तनिक भी विचलित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नहीं हुए ॥१६॥ तदनन्तर महातेजस्वी और परम पराक्रमी हिरण्याक्षने वाराहभगवानकी छातीपर अपनी प्रज्वलित शक्तिका प्रहार किया॥१७॥ उस शक्तिका प्रभाव देखकर ब्रह्माजी बहुत विस्मित हुए। उस महाशक्तिके समीप पहुँचते ही महाबली वराहने केवल एक हुंकारमात्रसे उसको नीचे गिरा दिया। इस प्रकार शक्तिको विफल होते देखकर ब्रह्माजीने 'साधु-साधु' कहकर वाराह भगवानकी सराहना की ॥१८॥१९॥ वे कहने लगे–ऐसा होगा क्यों नहीं? जो समस्त देवताओंके अधीश्वर हैं, उनके लिए इस तुच्छ शक्तिका विनाश कर देना कौन बड़ी बात है ॥२०॥ हे महाराज! तदनन्तर वाराह भगवानने सूर्य सदृश देदीप्यमान अपना सुदर्शनचक्र दानवराज हिरण्याक्षपर चला दिया। जिससे वह दैत्य तो ज्योंका त्यों खड़ा रहा, किन्तु वज्र-विदलित सुमेरुशृङ्गके समान उसका मस्तक कटकर धरतीपर आ गिरा ॥ २१ ॥ इस प्रकार उस हिरण्याक्षके मरते ही अवशिष्ट दैत्यगण अत्यधिक भयविह्वल होकर चारों ओर भागने लगे ॥ २२ ॥ इधर वाराहरूपधारी भगवान नारायण युगान्तकालीन दण्डपाणि यमराजके समान चक्रास्त्र हाथमें लेकर समरभूमिमें खड़े हो गये ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

तस्याः शक्त्याः प्रभावेण ब्रह्मा विस्मयमागतः ॥ समीपमागतां दृष्ट्वा महाशक्तिं महाबलः ॥ १८ ॥ हुंकारेणैव निर्भर्त्स्य पातयामास भूतले ॥ तस्यां प्रतिहतायां तु ब्रह्मा साध्विति चाब्रवीत् ॥ १९ ॥ यः प्रभुः सर्वभूतानां वराहस्तेन ताडितः ॥ ततो भगवता चक्रमाविध्यादित्यसन्निभम् ॥ २० ॥ पातितं दानवेन्द्रस्य शिरस्युत्तमकर्मणा ॥ ततः स्थितस्यैव शिरस्तस्य भूमौ पपात ह ॥ हिरण्मयं वज्रहतं मेरुशृङ्गमिवोत्तमम् ॥ २१ ॥ हिरण्याक्षे हते दैत्ये शेषा ये तत्र दानवाः ॥ सर्वे तस्य भयत्रस्ता जग्मुराशु दिशो दश ॥२२॥ स सर्वलोकाप्रतिचक्रचक्रो महाहवेष्वप्रतिमोग्रचक्रः ॥ बभौ वराहो युधि चक्रपाणिः कालो युगान्तेष्विव दण्डपाणिः॥२३॥इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥३९॥

वैशम्पायन उवाच ॥ विद्राव्य तु रणे सर्वानसुरान्पुरुषोत्तमः ॥ मुमोच तत्र बद्धांस्तान्पुरन्दरमुखान्सुरान् ॥ १ ॥ ततः प्रकृतिमापन्नाः सर्वे देवगणास्तथा ॥ पुरन्दरं पुरस्कृत्य नारायणमुपस्थिताः ॥ २ ॥ देवा ऊचुः ॥ त्वत्प्रसादेन भगवंस्तव बाहुबलेन च ॥ जीवामोऽद्य महाबाहो निष्क्रान्ताश्चान्तकाननात् ॥ ३ ॥ त्वच्छासनाद्धि भगवन्किं कुर्वन्त्यदितेः सुताः ॥ इच्छामः पादशुश्रूषां तव कर्तुं सनातन ॥ ४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तच्छ्रुत्वा वचनं तेषां पुण्डरीकनिभेक्षणः ॥ उवाच वचनं देवान्मुदा युक्तो हतद्विषः ॥ ५ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ यो यस्य भावतो लोको

भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

(वाराह भगवानका तिरोभाव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वाराहरूपधारी विष्णुभगवानने रणस्थलसे समस्त दानवोंको भगाकर इन्द्रादि देवताओंको दैत्योंके हाथसे छुड़ाया ॥ १ ॥ तब देवता स्वस्थ होकर इन्द्रदेवको आगे करके विष्णुभगवानके समीप गये और कहने लगे—हे महाबाहो! हम लोग आपकी कृपा तथा आपके बाहुबलसे यमराजके मुखसे मुक्त हुए हैं ॥ २ ॥ ३ ॥ हे भगवन्! आपकी प्रभुताके रहते दैत्य हमारा क्या कर लेंगे? हे सनातन! अब हम आपके चरणोंकी सेवा करना चाहते हैं ॥ ४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! कमलदललोचन भगवान विष्णु देवताओंके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें सम्बोधित करके बोले—हे देवगण! इस समय आप लोग पुनः यज्ञभागके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अधिकारी हो गये हैं। अतएव अपने-अपने लोकोंमें जाकर पूर्वकालमें मैंने आपके लिए जो नियम निर्धारित कर दिये हैं, उनका पालन करिए ॥ ५–७ ॥ हे देवराज इन्द्र ! सत् और असत्के प्रति तुम्हारा जो कर्तव्य निर्धारित है, उसके पालनमें कभी तनिक भी त्रुटि न करना ॥८॥ व्रतपरायण मुनिगण अपने-अपने तपोबलसे स्वर्गलोकको पयान करें। याज्ञिकगणोंको अपने अनुष्ठित यज्ञोंका फललाभ हो। धर्मात्मा साधुजनोंका सद्भाव बढ़े और पापात्मा असाधुजनोंका विनाश हो। सभी आश्रमोंके साधुजन स्वर्गपर विजय प्राप्त करें ॥ ९–११ ॥ सत्यशूर, दानशूर, रणशूर एवं ईर्ष्याशून्य व्यक्तिगण स्वर्गफलभोगके अधिकारी हों ॥ १२ ॥ जो लोग श्रद्धाशून्य, अविश्वासी, अर्थलोलुप, कामी, शठ, ब्रह्मज्ञानहीन एवं नास्तिक हों, वे मनुष्य नरकमें जायँ ॥ १३ ॥ हे देवगण ! मैंने जो-जो बतलाया है, आप लोग वही करें। वैसा करनेसे और हमारे रहते आप लोगोंका कभी भी पराभव न होगा ॥१४॥ ऐसा कह-

मयैव विहितः पुरा ॥ पाल्यतां स तु यत्नेन नियोगश्च क्वचित्क्वचित् ॥ ६ ॥ ऐश्वर्यं प्रतिपन्नाः स्थ क्रतुभागपुरस्कृतम् ॥ मयैव पूर्वं निर्दिष्टो नियोगः प्रतिपाल्यताम् ॥ ७ ॥ शक्रं चोवाच भगवान् वचनं दुन्दुभिस्वनः ॥ इदं यथावत्कर्तव्यं सत्सु चासत्सु च त्वया ॥ ८ ॥ गच्छन्तु तपसा स्वर्गं मुनयः शंसितव्रताः ॥ तव लोकं सुरश्रेष्ठ सर्वकामदुघं सदा ॥ यायजूकाश्च ये केचिद्ब्राह्मणाः क्षत्रिया विशः ॥ ९ ॥ तेषां कामदुघा लोकाः स्वर्गमादिमनोहराः ॥ यज्ञैरिष्ट्वा यायजूकाः फलं ते प्राप्नुवन्तु च ॥ १० ॥ भावः सद्धर्मशीलानामभावः पापकर्मणाम् ॥ सन्तः स्वर्गजितः सन्तु सर्वाश्रमनिवासिनः ॥ ११ ॥ सत्यशूरा रणे शूरा दानशूराश्च ये नराः ॥ ते नराः स्वर्गमश्नन्तु सदा ये चानसूयवः ॥ १२ ॥ अश्रद्दधानाः पुरुषाः कामिनोऽर्थपराः शठाः ॥ अब्रह्मण्या नास्तिकाश्च नरकं यान्तु मानवाः ॥ १३ ॥ एतावत्क्रियतां वाक्यं मयोक्तं त्रिदशेश्वराः ॥ ततो मयि स्थिते सर्वान्बाधिष्यन्ते न चारयः ॥ १४ ॥ इत्युक्त्वाऽन्तर्हितो देवः शंखचक्रगदाधरः ॥ देवतानां च सर्वेषामभवद्विस्मयो महान् ॥ १५ ॥ एतदत्यद्भुतं दृष्ट्वा वाराहचरितं सुराः ॥ नमस्कृत्य वराहाय नाकपृष्ठमितो गताः ॥ १६ ॥ ततः स्वान्याधिपत्यानि प्रतिपन्नानि दैवतैः ॥ सर्वलोकाधिपत्ये च प्रतिष्ठां वासवो गतः ॥ १७ ॥ विमुक्ता दानवगणैः प्रकृतिं धरणी गता ॥ स्थैर्यहेतोर्धरण्यास्तु ज्ञात्वा चागस्कृतान्गिरीन् ॥ १८ ॥ स्वेषु स्थानेषु संस्थाप्य पर्वतानां पुरन्दरः ॥ चिच्छेद भगवान्पक्षान् वज्रेण शतपर्वणा ॥ १९ ॥ सर्वेषामेव पक्षा वै छिन्नाः शक्रेण धीमता ॥ एकः

कर वे शंख-चक्र-गदाधारी वाराहरूपी विष्णु भगवान वहाँ ही अन्तर्धान हो गये। यह देखकर देवताओंके आश्चर्यका कोई ठिकाना नहीं रहा ॥ १५ ॥ वे देवता वाराहभगवानके अति अद्भुत कार्य-कलाप देख तथा उन्हें नमस्कार करके स्वर्गलोकको चले गये ॥ १६ ॥ वहाँ जाकर वे अपने-अपने आधिपत्यके कार्यमें लग गये। देवराज इन्द्र समस्त त्रिलोकीपर आधिपत्य करने लगे ॥१७॥ पृथिवी पापात्मा दानवोंसे शून्य होकर अपनी पूर्वप्रकृतिको प्राप्त हो गयी। इधर इन्द्रदेवने भी पृथिवीको सुस्थिर करनेके लिए पूर्वापराधी पर्वतोंको अपने-अपने स्थानपर स्थापित करके अपने शतपर्वा वज्रसे उनके पंख काट दिये। जितने भी पर्वत थे, उनमें मैनाकको छोड़ बाकी सबके पंख उन्होंने काट डाले। मैनाकको छोड़नेका कारण यह था कि देवता-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओंके साथ उसका नियमानुसार ऐसा समझौता हो चुका था ॥ १८–२० ॥ हे महाराज ! महात्मा विष्णुभगवानका वाराहअवतारविषयक जो इतिहास मैंने आपको बतलाया है, वैसा ही वर्णन ब्राह्मणोंने पुराणोंमें भी किया है ॥ २१ ॥ भगवान कृष्ण द्वैपायन द्वारा प्रणीत विविध वेदार्थपरिपूर्ण यह नारायणचरित अपवित्र, पापी, नृशंस, क्षुद्र, नीच, गुरुद्वेषी, कुशिष्य तथा कृतघ्न लोगोंको कदापि न सुनावे ॥ २२ ॥ २३ ॥ जो लोग दीर्घायु, महाकीर्ति और शत्रुपर विजय प्राप्त करनेके अभिलाषुक हों, उन्हें ही यह देवविजयविषयक इतिहास सुनाना चाहिए ॥२४॥ यह अति पुरातन, वेदार्थपूर्ण, शान्तिदायक, पवित्रकारक, विजयप्रद और महान् स्वस्त्ययनस्वरूप इतिहास है। इसे सुनकर सभी लोग पवित्र हो जाते हैं और श्रोताओंको तत्काल विजयकी प्राप्ति हो जाती है॥ २५॥ हे कुरुराज ! इस प्रकार मैंने आपको महावराहकी उत्पत्तिका आनुपूर्विक वृत्तान्त कह सुनाया ॥ २६ ॥ जो लोग पवित्र यज्ञों द्वारा देवताओं

सपक्षो मैनाकः सुरैस्तत्समयः कृतः ॥ २० ॥ एष नारायणस्यायं प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ वाराह इति विप्रेन्द्रैः पुराणे परिकीर्तितः ॥ २१ ॥ कृष्ण-द्वैपायनमतं नानाश्रुतिसमाहितम् ॥ नाशुचेर्न कृतघ्नाय न नृशंसाय कीर्त्तयेत् ॥ २२ ॥ न क्षुद्राय न नीचाय न गुरुद्वेषकारिणे ॥ नाशिष्याय तथा राजन्न कृतघ्नाय चैव हि ॥ २३ ॥ आयुष्कामैर्यशःकामैर्महीकामैश्च मानवैः ॥ जयैषिभिश्च श्रोतव्यो देवानामेष वै जयः ॥ २४ ॥ पुराण-वेदसंबद्धः शिवः स्वस्त्ययनो महान् ॥ पावनः सर्वसत्त्वानां तत्कालविजयप्रदः ॥२५॥ एष कौरव्य तत्त्वेन कथितस्त्वनुपूर्वशः ॥ वाराहस्य नृपश्रेष्ठ प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ २६ ॥ ये यजन्ति मखैः पुण्यैर्दैवतानि पितॄनपि ॥ आत्मानमात्मना नित्यं विष्णुमेव यजन्ति ते ॥ २७ ॥ लोकायनाय त्रिदशायनाय ब्रह्मायनायात्मभवायनाय ॥ नारायणायात्महितायनाय महावराहाय नमस्कुरुष्व ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि चत्वारिंशत्तमोऽध्यायः ॥ ४० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ वाराह एष कथितो नारसिंहमतः शृणु ॥ यत्र भूत्वा मृगेन्द्रेण हिरण्यकशिपुर्हतः ॥ १ ॥ पुरा कृतयुगे राजन्हिरण्यकशिपुः प्रभुः ॥ दैत्यानामादिपुरुषश्चकार सुमहत्तपः ॥ २ ॥ दश वर्षसहस्राणि शतानि दश पञ्च च ॥ जलवासी समभवत्स्थानमौनव्रतस्थितः ॥ ३ ॥ ततः शमदमाभ्यां च ब्रह्मचर्येण चैव हि ॥ ब्रह्मा प्रीतोऽभवत्तस्य तपसा नियमेन च ॥ ४ ॥ ततः स्वयंभूर्भगवान्स्वयमागत्य तत्र ह ॥

तथा पितरोंकी अर्चना करते हैं, वास्तवमें वे लोग ऐसा करके विष्णु भगवानका ही आराधन करते हैं ॥२७॥ अतएव आप उन्हीं लोकनायक, देवताओंके आश्रय, ब्राह्मणोंकी गति, उत्पत्तिके उपाय तथा आत्महितकारी महावाराहरूपधारी नारायणको नमस्कार करिए ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥

(नृसिंहावतारकी कथा) वैशम्पायन बोले— हे महाराज ! मैंने आपको वाराहावतारविषयक वृत्तान्त सुनाया। अब मैं आपको विष्णुभगवानके नृसिंहावतारका चरित्र सुनाऊँगा, जिसमें उन्होंने नृसिंहरूप धारण करके हिरण्यकशिपुका वध किया था ॥ १ ॥ पूर्वकालमें सत्ययुगके समय दैत्योंके आदिपुरुष हिरण्यकशिपुने घोरतर तपस्या करनी आरम्भ की ॥ २ ॥ पहले मौनव्रतका अवलम्बन करके जलमें निवास करते हुए उसने ग्यारह हजार पाँच सौ वर्षतक तप किया ॥ ३ ॥ उसके शम-दमादि गुण, ब्रह्मचर्य, तपस्या तथा नियमोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखकर ब्रह्माजी बहुत प्रसन्न हुए ॥ ४ ॥ इस प्रकार परम प्रसन्न ब्रह्माजी हंसयुक्त तथा सूर्य सदृश तेजस्वी विमानपर आरूढ़ होकर उसके समीप जा पहुँचे ॥ ५ ॥ आदित्य, वसु, साध्य, मरुत्, रुद्र, यक्ष, राक्षस, किन्नर, गन्धर्व, अप्सरा, ब्रह्मर्षि, सिद्ध, सप्तर्षि, राजर्षि, आकाशचारी ग्रहगण एवं दिशा, विदिशा, नद, नदी, समुद्र, नक्षत्र और मुहूर्त प्रभृति सभी लोग उनके साथ वहाँ गये ॥६–८॥ देवताओंसे आवृत चराचरगुरु एवं वेदवेत्ताओंमें अग्रणी ब्रह्माजीने दैत्यराज हिरण्यकशिपुको सम्बोधित करके कहा—हे सुव्रत ! तुम मेरे असाधारण भक्त हो। तुम्हारी यह कठोर तपस्या देखकर मुझे बड़ा परितोष हो रहा है। तुम्हारा कल्याण हो। तुम अपना अभिलषित वर माँगो ॥ ९ ॥ १० ॥ तब दानवेन्द्र हिरण्यकशिपु परम प्रसन्नतापूर्वक हाथ जोड़ और ब्रह्माजीको सम्बोधित करके बोला—हे लोकपितामह ! मैं यह वर माँगता हूँ कि सभी देवता, दैत्य, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, सर्प, मनुष्य और पिशाच मुझे न मार सकें

विमानेनार्कवर्णेन हंसयुक्तेन भास्वता ॥ ५ ॥ आदित्यैर्वसुभिः साध्यैर्मरुद्भिर्दैवतैः सह ॥ रुद्रैर्विश्वसहायैश्च यक्षराक्षसकिन्नरैः ॥ ६ ॥ दिग्भिश्चाथ विदिग्भिश्च नदीभिः सागरैस्तथा ॥ नक्षत्रैश्च मुहूर्तैश्च खचरैश्च महाग्रहैः ॥ ७ ॥ देवैर्ब्रह्मर्षिभिः सार्द्धं सिद्धैः सप्तर्षिभिस्तथा ॥ राजर्षिभिः पुण्यकृद्भिर्गन्धर्वैरप्सरोगणैः ॥ ८ ॥ चराचरगुरुः श्रीमान्वृतो देवगणैः सह ॥ ब्रह्मा ब्रह्मविदां श्रेष्ठो दैत्यं वचनमब्रवीत् ॥ ९ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ प्रीतोऽस्मि तव भक्तस्य तपसाऽनेन सुव्रत ॥ वरं वरय भद्रं ते यथेष्टं काममाप्नुहि ॥ १० ॥ ततो हिरण्यकशिपुः प्रीतात्मा दानवोत्तमः ॥ कृतांजलिपुटः श्रीमान्वचनं चेदमब्रवीत् ॥ ११ ॥ हिरण्यकशिपुरुवाच ॥ न देवासुरगन्धर्वा न यक्षोरगराक्षसाः ॥ न मानुषाः पिशाचाश्च निहन्युर्मां कथंचन ॥ १२ ॥ ऋषयो नैव मां क्रुद्धाः सर्वलोकपितामह ॥ शपेयुस्तपसा युक्ता वर एष वृतो मया ॥१३॥ न शस्त्रेण न चास्त्रेण गिरिणा पादपेन च ॥ न शुष्केण न चार्द्रेण स्यान्न चान्येन मे वधः ॥ १४ ॥ न स्वर्गेऽप्यथ पाताले नाकाशे नावनिस्थले ॥ न चाभ्यन्तररात्र्यह्नोर्न चाप्यन्येन मे वधः ॥ १५ ॥ पाणिप्रहारेणैकेन सभृत्यबलवाहनम् ॥ यो मां नाशयितुं शक्तः स मे मृत्युर्भविष्यति ॥ १६ ॥ भवेयमहमेवार्कः सोमो वायुर्हुताशनः ॥ सलिलं चान्तरिक्षं च नक्षत्राणि दिशो दश ॥ अहं क्रोधश्च कामश्च वरुणो वासवो यमः ॥ १७ ॥ धनदश्च धनाध्यक्षो यक्षकिंपुरुषाधिपः ॥ मूर्तिमन्ति च दिव्यानि ममास्त्राणि महाहवे ॥ उपतिष्ठन्तु देवेश सर्वलोकपितामह ॥ १८ ॥ पितामह उवाच ॥ एते दिव्या वरास्तात मया दत्तास्तवाद्भुताः ॥

॥११॥१२॥ तपस्यासे सम्पन्न ऋषिगण क्रुद्ध होकर मुझे शाप न दे सकें। किसी शस्त्रास्त्र, पर्वत, वृक्ष, शुष्क तथा आर्द्र पदार्थसे मेरी मृत्यु न हो ॥१३॥१४॥ स्वर्ग, आकाश, पाताल, पृथिवी, दिन और रात्रि कहीं और किसी समय मेरी मृत्यु न हो सके। आपसे मैं यही वर माँगता हूँ ॥१५॥ मेरी यही प्रार्थना है कि जो पुरुष केवल एक थप्पड़से वाहन-सेना समेत मेरा विनाश कर सके, एकमात्र उसीके हाथों मेरी मृत्यु हो ॥१६॥ आप मुझे ऐसा वरदान दें कि जिससे मैं ही सूर्य, चन्द्रमा, वायु, अग्नि, जल, आकाश, नक्षत्र, दसों दिशा, काम, क्रोध, वरुण और धनाध्यक्ष मैं ही हो जाऊँ। सभी दिव्य शस्त्रास्त्र मूर्तिमान् होकर मेरी सेवा करते रहें ॥ १७ ॥ १८ ॥ लोकपितामह ब्रह्माजी बोले—हे वत्स ! तुमने जिन अद्भुत वरोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

माँगा है, वह सब मैं तुम्हें देता हूँ। मैं कहता हूँ कि अल्पमात्रामें तुम्हारी सभी कामनायें पूर्ण हो जायँगी। इसमें कोई सन्देह नहीं है। हे महाराज! भगवान ब्रह्मा ऐसा कहकर आकाशमें स्थित तथा ब्रह्मर्षिगणसेवित वैराज्य नामक ब्रह्मसदनको चले गये। इधर देवता, ऋषि, गन्धर्व और नाग आदि वह वरदानकी बात सुनकर पितामह ब्रह्माजीके पास गये ॥१९-२१॥ वहाँ जाकर देवताओंने कहा—भगवन्! आपने हिरण्यकशिपुको जो वरदान दिया है, उससे वह उन्मत्त होकर हम सबको मार डालेगा। अतएव अब आप हमपर प्रसन्न होकर उसके मरणका भी कोई उपाय करिए ॥२२॥ तब लोककर्ता, हव्य-कव्यस्रष्टा तथा अव्यक्तरूपधारी भगवान प्रजापति यह लोककल्याणकारी वचन सुनकर अपने वचनरूपी शीतल जलसे आश्वासन देते हुए बोले—॥२३॥२४॥ हे देवगण! तपस्याका फल अनिवार्य होता है। अतएव उसने जैसा तप किया है, उसके अनुरूप फल उसको अवश्य मिलेगा। पुण्य क्षीण हो जानेपर स्वयं भगवान विष्णु उसका

सर्वान्कामानल्पभावात्प्राप्स्यसि त्वं न संशयः ॥ १९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा स भगवाञ्जगामाकाशमेव च ॥ वैराज्यं ब्रह्मसदनं ब्रह्मर्षिगण-
सेवितम् ॥ २० ॥ ततो देवाश्च नागाश्च गन्धर्वा मुनिभिः सह ॥ वरप्रदानं श्रुत्वैव पितामहमुपस्थिताः ॥ २१ ॥ देवा ऊचुः ॥ वरेणानेन भगवन्व-
धिष्यति स नोऽसुरः ॥ तत्प्रसीदस्व भगवन् वधोऽप्यस्य विचिन्त्यताम् ॥ २२ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ भगवान्सर्वभूतानामादिकर्ता स्वयं प्रभुः ॥
स्रष्टा च हव्यकव्यानामव्यक्तप्रकृतिर्ध्रुवः ॥ २३ ॥ सर्वलोकहितं वाक्यं श्रुत्वा देवः प्रजापतिः ॥ आश्वासयामास सुरान्सशीतैर्वचनाम्बुभिः ॥ २४ ॥
अवश्यं त्रिदशास्तेन प्राप्तव्यं तपसः फलम् ॥ तपसोऽन्ते स भगवान्वधं विष्णुः करिष्यति ॥ २५ ॥ एतच्छ्रुत्वा सुराः सर्वे वाक्यं पङ्कजजन्मनः ॥
स्वानि स्थानानि दिव्यानि प्रतिजग्मुर्मुदान्विताः ॥२६॥ वैशम्पायन उवाच ॥ लब्धमात्रे वरे तस्मिन्सर्वाः सोऽबाधत प्रजाः ॥ हिरण्यकशिपुर्दैत्यो
वरदानेन दर्पितः ॥२७॥ आश्रमेषु मुनीन्सर्वान्ब्राह्मणान्संशितव्रतान् ॥ सत्यधर्मरतान्दान्तान्धर्षयामास वीर्यवान् ॥२८॥ देवांस्त्रिभुवनस्थांश्च पराजित्य
महासुरः ॥ त्रैलोक्यं वशमानीय स्वर्गे वसति दानवः ॥ २९ ॥ यदा वरमदोन्मत्तश्चोदितः कालधर्मणा ॥ यज्ञियानकरोद्दैत्यान्दैवतानप्ययज्ञियान्
॥ ३० ॥ तदादित्याश्च साध्याश्च विश्वे च वसवस्तथा ॥ रुद्रा देवगणा यक्षा देवद्विजमहर्षयः ॥ ३१ ॥ शरण्यं शरणं विष्णुमुपतस्थुर्महाबलम् ॥
देवं देवमयं यज्ञं ब्रह्म दैवं सनातनम् ॥ ३२ ॥ भूतं भव्यं भविष्यं च प्रजालोकनमस्कृतम् ॥ देवा ऊचुः ॥ नारायण महाभाग देव त्वां शरणं

वध करेंगे ॥२५॥ कमलयोनि ब्रह्माकी बातें सुनकर देवता अत्यधिक आनन्दित होकर अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ २६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उधर दैत्येन्द्र हिरण्यकशिपु वर प्राप्त करते ही अतिशय गर्वित होकर जगत्‌के समस्त प्राणियोंपर महान् अत्याचार करने लगा ॥२७॥ आश्रमनिवासी, सत्य-धर्मपरायण, शान्तस्वभाव एवं व्रतधारी ब्राह्मणगण उसके अनाचारसे बहुत दुखी हुए ॥२८॥ इस प्रकार उस महान् असुरने सारी त्रिलोकीके लोगोंको पराजित करके अपने वशमें कर लिया और स्वर्गमें निवास करता हुआ एकछत्र राज करने लगा ॥२९॥ क्रमशः आगे चलकर मृत्युसे प्रेरित उस उन्मत्त दैत्यने जब देवताओंको यज्ञभागसे अलग करके दैत्योंको यज्ञभागका अधिकारी बना दिया ॥३०॥ अब आदित्य, साध्य, विश्वेदेव, वसु, रुद्र, देवता, यक्ष, ब्राह्मण और महर्षिगण एकमात्र शरण्य, देवमय, यज्ञमय, वेदमय, भूत-भविष्य-वर्तमानस्वरूप, सर्वलोकनमस्कृत और सनातन विष्णु भगवानका शरणमें जाकर कहने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगे—हे महाभाग नारायण ! हे देव ! हम आपके शरणागत हैं ॥३१–३३॥ हे सुरोत्तम ! आप ही ब्रह्मादि देवताओंके धाता, परम गुरु और परम देवतास्वरूप हैं ॥३४॥ हे अमलकमल-सदृश नयनोंवाले महाप्रभु ! आप इस शत्रुका विनाश करनेके लिए कोई उपाय करके हमारी रक्षा करिए ॥ ३५ ॥ हे प्रभो ! जैसे भी हो, आप इस हिरण्यकशिपुका वध करिए । विष्णु-भगवान बोले—हे देवताओं ! मैं आप लोगोंको अभय करता हूँ ॥ ३६ ॥ शीघ्र आपको स्वर्गका राज्य पुनः प्राप्त हो जायगा । मैं जल्दी ही वरदानगर्वित और आप लोगोंके द्वारा अवध्य दानवेन्द्र हिरण्यकशिपुको उसकी सेना समेत नष्ट कर दूँगा । वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! ऐसा कहकर विष्णुभगवानने देवताओंको विदा कर दिया ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ तदनन्तर विष्णुभगवान वहाँसे चलकर हिमालय पर्वतके समीप गये और वहाँ बैठकर यह सोचने लगे कि कौनसा रूप धारण करके उस महान् असुरका वध करूँ ॥३९॥४०॥ किस रूपसे उस देवद्वेषी

गताः ॥ ३३ ॥ त्वं हि नः परमो धाता त्वं हि नः परमो गुरुः ॥ त्वं हि नः परमो देवो ब्रह्मादीनां सुरोत्तम ॥ ३४ ॥ त्वं पद्मामलपत्राक्ष शत्रुपक्षभयावह ॥ क्षयाय दितिवंशस्याक्षयाय भव नः प्रभो ॥३५॥ त्रायस्व जहि दैत्येन्द्रं हिरण्यकशिपुं प्रभो ॥ विष्णुरुवाच ॥ भयं त्यजध्वममरा अभयं वो ददाम्यहम् ॥ ३६ ॥ तथैव त्रिदिवं देवाः प्रतिपत्स्यथ मा चिरम् ॥ एष तं सगणं दैत्यं वरदानेन दर्पितम् ॥ ३७ ॥ अवध्यममरेन्द्राणां दानवेन्द्रं निहन्म्यहम् ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा स भगवान्विसृज्य त्रिदिवौकसः ॥ ३८ ॥ वधं संकल्पयित्वा तु हिरण्यकशिपोः प्रभुः ॥ ३९ ॥ सोऽचिरेणैव कालेन हिमवत्पार्श्वमागतः ॥ किं नु रूपं समास्थाय निहन्म्येनं महासुरम् ॥४०॥ यत्सिद्धिकरमाशु स्याद्वधाय विबुधद्विषः ॥ अनुत्पन्नं ततश्चक्रे सोऽत्यन्तं रूपमास्थितः ॥ ४१ ॥ नारसिंहमनाधृष्यं दैत्यदानवरक्षसाम् ॥ सहायं तु महाबाहुर्जग्राहोङ्कारमेव च ॥ ४२ ॥ अथोङ्कारसहायोऽसौ भगवान्विष्णुरव्ययः ॥ हिरण्यकशिपोः स्थानं जगाम प्रभुरीश्वरः ॥ ४३ ॥ तेजसा भास्कराकारः कान्त्या चन्द्र इवापरः ॥ नरस्य कृत्वार्द्धतनुं सिंहस्यार्द्धतनुं विभुः ॥ ४४ ॥ नारसिंहेन वपुषा पाणिं संस्पृश्य पाणिना ॥ ततोऽपश्यत विस्तीर्णां दिव्यां रम्यां मनोरमाम् ॥ ४५ ॥ सर्वकामयुतां शुभ्रां हिरण्यकशिपोः सभाम् ॥ विस्तीर्णां योजनशतं शतमध्यर्द्धमायताम् ॥ ४६ ॥ विहायसीं कामगमां पञ्चयोजनमुच्छ्रिताम् ॥ जरा-

असुरका शीघ्र वध हो सकेगा । बहुत सोच-विचारके बाद उन्होंने नृसिंहरूप धारण करनेका निश्चय किया । क्योंकि उनके उस रूपके समक्ष दैत्य, दानव तथा राक्षस किसीका भी जाना सम्भव नहीं था । इस योजनाके अनुसार ओंकारको साथ लेकर भगवान विष्णु हिरण्यकशिपुके पास गये ॥४१–४३॥ भगवानने जो नृसिंहरूप धारण किया, उसकी दीप्ति सूर्यसदृश थी और उनके सौम्यभावको देखकर ऐसा लगता था कि मानो दूसरा चन्द्रमा उदित हो गया है । उस समय भगवानका आधा शरीर मनुष्य तथा आधा शरीर सिंहका था ॥ ४४ ॥ नृसिंहदेव हिरण्यकशिपुकी अतिमनोहर तथा विशाल सभामें पहुँचकर अपने हाथसे स्पर्श करके उस सभाकी शोभा निरखने लगे ॥ ४५ ॥ आकाशमें निर्मित उस सभाका विस्तार सौ योजन, उसकी दीर्घता डेढ़ सौ योजन तथा उँचाई पाँच योजन थी । वह सभा इच्छानुसार जहाँ चाहे वहाँ आ-जा सकती थी । उसमें किसी भी आवश्यक वस्तुका अभाव नहीं रहता था । वहाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पहुँचते ही लोग अजर, अमर, अशोक और क्लमहीन हो जाते थे ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ विश्वकर्माके द्वारा निर्मित, शान्तिदायिनी, शुभकरी तथा शुभ्रासनवती वह सभा स्थिरभावसे विराजमान थी। उसे देखकर ऐसा जान पड़ता था कि मानो अपने तेजके प्रभावसे ही वह सदा देदीप्यमान होती रहती है। उसमें फल-पुष्पसुशोभित कितने ही रत्नमय वृक्ष विद्यमान थे। उसके निम्न भागमें जल भरा रहता था। अतएव उसमें नील, पीत, श्वेत, लोहित और श्यामवर्णके वितान एवं सैकड़ों मंजरियोंसे सुशोभित कितने ही गुल्म विद्यमान रहते थे ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ श्वेतमेघसदृश शुभ्र उस सभाको देखनेसे ऐसा लगता था कि मानो वह जलमें तैर रही हो। उसमें सर्वत्र बहुमूल्य आसन बिछे हुए थे। उसका तेज उत्तरोत्तर बढ़ रहा था ॥ ५० ॥ उसकी प्रभा और उसका तेज देखकर नेत्र चौंधिया जाते थे। उसमें चारों ओर सुगन्धि उड़ती रहती थी। कहीं दुःखका लेशमात्र नहीं था, बल्कि सुखकी ही अधिकता दिखायी दे रही थी। शीतोष्णभाव भी वहाँ समान भावसे विराजमान रहता था ॥ ५१ ॥ वहाँ पहुँचनेपर भूख-प्यास तथा किसी अन्य प्रकारकी ग्लानिका प्रसंग भी नहीं दिखायी पड़ता था। विविध प्रकारकी

शोकक्लमत्यक्तां निष्प्रकम्पां शिवां शुभाम् ॥ ४७ ॥ शुभासनवतीं रम्यां ज्वलन्तीमिव तेजसा ॥ अन्तःसलिलसंयुक्तां विहितां विश्वकर्मणा ॥ दिव्यरत्नमयैर्वृक्षैः फलपुष्पप्रदैर्युताम् ॥ ४८ ॥ नीलपीतासितश्यामैः सितैर्लोहितकैरपि ॥ अवतानैस्तथा गुल्मैर्मञ्जरीशतधारिभिः ॥ ४९ ॥ सिताभ्रघनसंकाशा प्लवन्तीवाप्सु दृश्यते ॥ धन्यासनवती रम्या ज्वलन्ती इव तेजसा ॥ ५० ॥ प्रभावती भास्वरा च दिव्यगन्धमनोरमा ॥ नासुखा न च दुःखा सा न शीता न च घर्मदा ॥५१॥ न क्षुत्पिपासे न ग्लानिं प्राप्य तां प्राप्नुवन्ति हि ॥ नानारूपैर्विरचिता विचित्रैरतिभास्वरैः ॥५२॥ स्तम्भैर्मणिमयैर्दिव्यैः शाश्वती चाक्षता च सा ॥ अतिचन्द्रं च सूर्यं च पावकं च स्वयंप्रभा ॥ ५३ ॥ दीप्यते नाकपृष्ठस्था भर्त्सयन्तीव भास्करम् ॥ सर्वे च कामाः प्रचुरा ये दिव्या ये च मानुषाः ॥ ५४ ॥ रसवन्तः प्रभूताश्च भक्ष्यभोज्यं तथाक्षयम् ॥ पुण्यगन्धाः स्रजस्तत्र नित्यपुष्पफलद्रुमाः ॥ ५५ ॥ उष्णे शीतानि तोयानि शीते चोष्णानि सन्ति वै ॥ पुष्पिताग्रान्महाशाखान्प्रवालांकुरधारिणः ॥ ५६ ॥ लतावितानसंच्छन्नान्सरित्सु च सरःसु च ॥ मनोहरांश्च विविधान्ददर्श स तदा प्रभुः ॥ ५७ ॥ द्रुमान्बहुविधांस्तत्र मृगेन्द्रो ददृशेऽद्भुतम् ॥ गन्धवन्ति च पुष्पाणि रसवन्ति

तेजस्विनी सामग्रियोंसे उसकी सजावट की गयी थी ५२ ॥ उसमें कितने चित्र-विचित्र मणिमय स्तम्भ थे, उसकी कोई सीमा नहीं थी। विशेष करके उसे देखनेसे ऐसा ज्ञात होता था कि वह सभा कभी क्षीण न होगी। और अधिक कहाँ तक कहें, उसकी प्रभाको देखकर चन्द्रमा-सूर्य तथा अग्निकी प्रभा भी लज्जित हो जाती थी। वहाँ स्वर्गीय तथा मर्त्य सभी प्राणियों-के योग्य वस्तुयें प्रचुर परिमाणमें विद्यमान रहती थीं ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ भोक्ष्य तथा भोग्य पदार्थोंकी वहाँ तनिक भी कमी नहीं रहती थी। सुगन्धित माला तथा नित्य फल-पुष्पसुशोभित अगणित वृक्ष विद्यमान रहते थे ॥५५॥ वहाँ उष्णताका आधिक्य होनेपर जलमें शीतलता तथा शीतलताकी अधिकता होनेपर ही उष्णता आती थी। सरोवरों और नदियोंके दोनों किनारों-पर नाना प्रकारके वृक्ष अपने मुखका अग्रभाग करके इस प्रकार विराजमान थे कि उनके पत्र, अंकुर और पुष्पसे सुशोभित, लतावितानसे आच्छादित बड़ी-बड़ी शाखायें जलके ऊपरतक पहुँच-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर एक प्रकारकी अद्भुत शोभाका विस्तार कर रही थीं ॥५६॥५७॥ सुगन्धित पुष्प, रसभरे फल, सुशीतल जल तथा सुन्दर घाटों युक्त सैकड़ों सरोवर उस सभाके चारों ओर विद्यमान थे ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ वे सभी सरोवर सुगन्धित शतदल कमल, रक्तकुवलय एवं नील वर्णकी कुमुदिनीसे परिपूर्ण रहते थे ॥६०॥ इधर-उधर सरोवरप्रिय राजहंस, कारण्डव, चक्रवाक, सारस और कुररगण केलि कर रहे थे ॥ ६१ ॥ उनके पंख निर्मल स्फटिक मणिके समान शुभ्र वर्णके थे। उनके बीच-बीचमें हंस और सारिकायें सुस्वर सगीतका आलाप कर रही थीं ॥ ६२ ॥ कहीं पुष्पमंजरीधारिणी एवं नानापुष्पसुशोभित गन्धबहुल मनोहर लतायें वृक्षोंके अग्रभागको अलंकृत कर रही थीं ॥ ६३ ॥ कहीं केतकी, अशोक, पुन्नाग, तिलक, अर्जुन, नीप, आम्र, कदम्ब, बकुल, नाग और प्रियंगु आदिके पुष्प खिले हुए थे ॥ ६४ ॥ कहीं शाल्मली, पाटलि, हरिद्रक, शाल, ताल, प्रियाल, चम्पक आदि अन्यान्य पुष्पित वृक्ष मनोहर शोभाका विस्तार

फलानि च ॥५८॥ तानि शीतानि तोयानि तत्र तत्र सरांसि च ॥ अपश्यत्सर्वतीर्थानि सभायां शतशो विभुः ॥ ५९ ॥ नलिनैः पुण्डरीकैश्च शतपत्रैः सुगन्धिभिः ॥ रक्तैः कुवलयैर्नीलैः कुमुदैः संयुतानि च ॥ ६० ॥ सकान्तैर्धार्तराष्ट्रैश्च राजहंसैः सुरप्रियैः ॥ कादम्बैश्चक्रवाकैश्च सारसैः कुररैरपि ॥ ६१ ॥ विमलस्फटिकाभानि पाण्डराष्टदलानि च ॥ कलहंसोपगीतानि सारिकाभिरुतानि च ॥ ६२ ॥ गन्धवत्यः शुभास्तत्र पुष्पमञ्जरिधारिणीः ॥ दृष्टवान्पादपाग्रेषु नानापुष्पधरा लताः ॥६३॥ केतकाशोकसरलाः पुन्नागतिलकार्जुनाः ॥ चूता नीपा नागपुष्पाः कदम्बबकुला धवाः ॥ ६४ ॥ प्रियंगुपाटलीवृक्षाः शाल्मल्यः सहरिद्रकाः ॥ सालास्तालाः प्रियालाश्च चम्पकाश्च मनोरमाः ॥ ६५ ॥ तथा चान्ये व्यराजन्त सभायां पुष्पिता द्रुमाः ॥ वैद्रुमाश्च द्रुमानीका दावाग्निज्वलितप्रभाः ॥६६॥ स्कन्धवन्तः सुशाखाश्च बहुतालसमुच्छ्रयाः ॥ अञ्जनाशोकवर्णाभा भान्ति वञ्जुलका द्रुमाः ॥६७॥ वरणा वत्सनाभाश्च पनसाश्चन्दनैः सह ॥ नीलाः सुमनसश्चैव पीताम्लाश्वत्थतिन्दुकाः ॥६८॥ प्राचीनामलका लोध्रा मल्लिका भद्रदारवः ॥ आम्रातकास्तथा जम्बूलकुचाः शैलवालुकाः ॥६९॥ सर्ज्जार्जुनाः कुन्दरवाः पतङ्गाः कुटजास्तथा ॥ रक्ताः कुरबकाश्चैव नीपाश्चागरुभिः सह ॥७०॥ कदम्बाश्चैव भव्याश्च दाडिमीबीजपूरकाः ॥ कालीयका दुकूलाश्च हिङ्गवस्तैलपर्णिकाः ॥७१॥ खर्जूरा नालिकेराश्च पूगवृक्षा हरीतकी ॥ मधूकाः सप्तपर्णाश्च बिल्वाः पारावतास्तथा ॥७२॥ पनसाश्च तमालाश्च नानागुल्मलतावृताः ॥ लताश्च विविधाकाराः पत्रपुष्पफलोपगाः ॥७३॥ एते चान्ये च बहवस्तत्र काननजा द्रुमाः ॥ नानापुष्पफलोपेता व्यराजन्त समन्ततः ॥ ७४ ॥ चकोराः शतपत्राश्च मत्तकोकिलसारिकाः ॥ पुष्पितान्फलिता-

कर रहे थे ॥ ६५ ॥ किसी स्थानपर प्रज्वलित अग्निसदृश महास्कन्ध तथा शाखा-प्रशाखाकीर्ण अत्युन्नत विद्रुमवृक्ष, अंजन, अशोक, पर्णाश तथा वंजुलकके वृक्ष सुशोभित हो रहे थे ॥ ६ ॥ ६७ ॥ किसी स्थानपर वरुण, वत्सनाभ, पनस, चन्दन, नीलनिम्ब, पीत अश्वत्थ, तिन्दुक, प्राचीन आँवला, लोध्र, भद्र, आम्रातक, जम्बू, लकुच और शैलवालुकके वृक्ष शोभा पा रहे थे ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ किसी स्थानपर सर्ज, कुन्दुरु, पुन्नाग, कुटज, रक्त कुरवक, नीप और अगुरुके वृक्ष विद्यमान थे ॥ ७० ॥ किसी जगह कदम्ब, दाडिम, बीजपूर, कालीयक, दुकूल, हिंगु, तैलपर्णी, खजूर, नारिकेल और हरीतकी प्रभृति वृक्ष शोभा विस्तार कर रहे थे ॥ ७१ ॥ कहीं मधूक, सप्तपर्ण, विल्व तथा पारावतवृक्ष और कहीं-कहीं पत्र-फल-पुष्प-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुशोभित नाना प्रकारकी लतायें विद्यमान थीं ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ इनके अतिरिक्त फल-पुष्पसुशोभित कितने अन्य वृक्ष वहाँ विराजमान थे, उनकी गणना नहीं की जा सकती थी ॥७४॥ चकोर, शतपत्र, मत्तकोकिल, सारिका, जीवजीवक और सारस प्रभृति रक्त, पीत और अरुणवर्णके पक्षी उन वृक्षोंकी डालियोंपर आगमन तथा उपवेशन करके प्रसन्नतापूर्वक परस्पर पर्यवेक्षण कर रहे थे ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

(हिरण्यकशिपुका वैभव) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर नृसिंहदेवने देखा कि उस सभाके मध्य उज्ज्वल स्वर्णकुण्डलधारी दैत्यराज हिरण्यकशिपु उत्कृष्ट बिछौना बिछे तथा सूर्यसदृश समुज्ज्वल चार सौ हाथके एक आसनपर विराजमान है। अति पवित्र तथा सुगन्धित वायु उसके चारों ओर मन्द-मन्द बह रही है ॥ १–३ ॥ देवता, गन्धर्व और

गांश्च सम्पतन्ति महाद्रुमान् ॥ ७५ ॥ रक्तपीतारुणास्तत्र पादपाग्रगता द्विजाः ॥ परस्परमवेक्षन्त प्रहृष्टा जीवजीवकाः ॥ ७६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्यां सभायां दैत्येन्द्रो हिरण्यकशिपुः प्रभुः ॥ आसीन आसने दिव्ये नल्वमात्रे प्रमाणतः ॥ १ ॥ दिवाकरनिभे रम्ये दिव्यास्तरणसंभृते ॥ रराज सुचिरं राजज्ज्वलत्काञ्चनकुण्डलः ॥२॥ तस्य दैत्यपतेर्मन्दं विरजस्कं समन्ततः ॥ दिव्यगन्धवहस्तत्र मारुतः सुसुखो ववौ ॥ ३ ॥ तत्र देवाः सगन्धर्वा गणैरप्सरसां वृताः ॥ दिव्यतालेन दिव्यानि जगुर्गीतानि गायनाः ॥ ४ ॥ विश्वाची सहजन्या च प्रम्लोचेत्यभिविश्रुता ॥ दिव्या च सौरभेयी च समीची पुञ्जिकस्थला ॥ ५ ॥ मिश्रकेशी च रम्भा च चित्रसेना शुचिस्मिता ॥ चारुनेत्रा घृताची च मेनका चोर्वशी तथा ॥ ६ ॥ एताः सहस्रशश्चान्या नृत्यगीतविशारदाः ॥ उपतिष्ठन्ति राजानं हिरण्यकशिपुं तदा ॥ ७ ॥ हिरण्यकशिपुस्तत्र विचित्राभरणाम्बरः ॥ स्त्रीसहस्रैः परिवृतस्तस्थौ ज्वलितकुण्डलः ॥ ८ ॥ तत्रासीनं महाबाहुं हिरण्यकशिपुं प्रभुम् ॥ उपासन्ति दितेः पुत्राः सर्वे लब्धवराः पुरा ॥ ९ ॥ बलिर्वैरोचनस्तत्र नरकः पृथिवीजयः ॥ प्रह्रादो विप्रचित्तिश्च गविष्ठश्च महासुरः ॥ १० ॥ चन्द्रहन्ता क्रोधहन्ता सुमनाः सुमतिः खरः ॥ घटोदरो महापार्श्वः क्रथनः पिठरस्तथा ॥ ११ ॥ विश्वरूपश्च रूपश्च विरूपश्च महाद्युतिः ॥ दशग्रीवश्च वाली च मेघवासा

अप्सरायें दिव्य ताल और लयके साथ गा रही हैं ॥४॥ विश्वाची, सहजन्या, प्रम्लोचा, दिव्या, सौरभेयी, समीची, पुञ्जिकस्थला, मिश्रकेशी, रम्भा, चित्रसेना, चारुनेत्रा, घृताची, मेनका, उर्वशी एवं नृत्य-गाननिपुणा अन्यान्य अनेक अप्सरायें दैत्यपति हिरण्यकशिपुका मनोरंजन कर रही थीं ॥५–७॥ उस समय स्वयं हिरण्यकशिपु विचित्र वस्त्र और सुन्दर अलंकार धारण करके बैठा हुआ था और उसकी हजारों पत्नियाँ उसे चारों ओरसे घेरे खड़ी थीं। उसके स्वर्णकुण्डल जगमगा रहे थे ॥८॥ वरानुगृहीत अन्यान्य दैत्य भी उसकी उपासनामें तन्मय थे ॥९॥ उनमें विरोचनपुत्र बलि, विश्वविजयी नरकासुर, प्रह्लाद, विप्रचित्ति, गविष्ठ, विश्वरूप, रूप, महातेजस्वी विरूप, दशग्रीव, बाली, महारव, मेघवासा, घटोदर, महापार्श्व, क्रथन, पिठर, कटभ, विकटाभ, इन्द्रतापन, संह्लाद, चन्द्रहन्ता, क्रोधहन्ता, सुमना, सुमति और खर प्रभृति दानव उस हिरण्यकशिपुकी आज्ञाका पालन कर रहे थे। उन सबके कानोंमें उज्ज्वल कुण्डल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और गलेमें माला विराज रही थी। वे सब वक्तृत्वगुणसे सम्पन्न थे। अपने-अपने तपोबलसे उन सबने वर प्राप्त कर लिया था। वे सब वीर थे और उन्होंने मृत्युतकपर विजय प्राप्त कर ली थी ॥१०–१४॥ ये तथा इनके अतिरिक्त अन्यान्य दानवगण दिव्य वस्त्राभूषण धारण करके महात्मा हिरण्यकशिपुकी उपासना करते थे ॥१५॥ किसी भी दैत्यके वस्त्राभूषणमें कोई न्यूनता नहीं थी। वे सब प्रदीप्त अग्निसदृश देदीप्यमान विविध प्रकारके विमानोंपर आरूढ़ हो होकर यातायात कर रहे थे ॥१६॥ पर्वताकार हिरण्यमुकुटधारी उन सभी दैत्योंका परिच्छद, अलंकार, पहनावा, अस्त्र-शस्त्र, कवच, ध्वज तथा वाहन सब कुछ विचित्र था ॥ १७ ॥ विशेष करके उनके भुजदण्डमें विराजमान केयूर देखकर इन्द्रधनुषका भ्रम होने लगता था। इस प्रकार वे सभी विभूषित अङ्गोंवाले दैत्य दैत्यराज हिरण्यकशिपुकी सेवामें लगे हुए थे ॥ १८ ॥ उस सभागृहकी सभी वेदियाँ सुवर्ण, विविध प्रकारके विचित्र मणि और निर्मल हीरकसे

महारवः ॥ १२ ॥ कटभो विकटाभश्च संह्रादश्चेन्द्रतापनः ॥ दैत्यदानवसंघाश्च सर्वे ज्वलितकुण्डलाः ॥ १३ ॥ स्रग्विणो वाग्मिनं सर्वे सर्वे सुचरितव्रताः ॥ सर्वे लब्धवराः शूरा सर्वे विगतमृत्यवः ॥ १४ ॥ एते चान्ये च बहवो हिरण्यकशिपुं प्रभुम् ॥ उपासते महात्मानं सर्वे दिव्यपरिच्छदाः ॥ १५ ॥ विमानैर्विविधैरग्र्यैर्भ्राजमानैरिवार्चिभिः ॥ स्रग्विणो भूषणधरा यान्ति चायान्ति हेलया ॥ १६ ॥ विचित्राभरणोपेता विचित्रवसनास्तथा ॥ विचित्रशस्त्रकवचा विचित्रध्वजवाहनाः ॥ १७ ॥ महेन्द्रचापशंकाशैर्विचित्रैरङ्गदैर्वरैः ॥ भूषिताङ्गा दितेः पुत्रास्तमुपासन्ति नित्यशः ॥ १८ ॥ तस्यां सभायां दिव्यायामसुराः पर्वतोपमाः ॥ हिरण्यमुकुटाः सर्वे दिवाकरसमप्रभाः ॥ १९ ॥ कनकमणिविचित्रवेदिकायामुपहितरत्नसहस्रवीथिकायाम् ॥ स ददर्श मृगाधिपः सभायां सुरुचिरदन्तगवाक्षसंवृतायाम् ॥ २० ॥ कनकविमलहारभूषिताङ्गं दितितनयं स मृगाधिपो ददर्श ॥ दिवसकरकरप्रभं ज्वलन्तमसुरसहस्रगणैर्निषेव्यमाणम् ॥२१॥ इति हरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहे द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥४२॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो दृष्ट्वा महाबाहुं कालचक्रमिवागतम् ॥ नारसिंहवपुश्छन्नं भस्मच्छन्नमिवानलम् ॥ १ ॥ विकुञ्चितसटं तस्य नारसिंहस्य भारत ॥ रूपौदार्यं बभौ तत्र सहस्रशशिसन्निभम् ॥ २ ॥ अहो रूपमिदं चित्रं शङ्खकुन्देन्दुसन्निभम् ॥ अब्रुवन्दानवाः सर्वे हिरण्यकशिपुश्च सः ॥ ३ ॥ एवं हि ब्रुवतां तेषां निर्दग्धानां महात्मनाम् ॥ नारसिंहेन चक्षुर्भ्यां चोदिताः कालधर्मणा ॥ ४ ॥ हिरण्यकशिपोः पुत्रः प्रह्लादो

खचित थीं। उस सभाके सभी झरोखे हाथीदाँतके बने हुए थे ॥ १९ ॥ निर्मल सुवर्णके हारसे विभूषित, सूर्यके सदृश तेजस्वी और हजारों दैत्योंसे सेव्यमान दैत्येन्द्र हिरण्यकशिपुको नृसिंह भगवानने देखा ॥ २० ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४२ ॥

(भक्तप्रवर प्रह्लादका नृसिंहभगवानके शरीरमें समस्त विश्व देखना) वैसम्पायन बोले—हे महाराज! राखसे ढँकी अग्निके समान तथा सहस्र पूर्णचन्द्रमण्डलके समान वहाँ उपस्थित कुंचित केशोंवाले नृसिंह भगवानको देखकर हिरण्यकशिपु प्रभृति दानवगण परस्पर कहने लगे—अहो! शंख, कुन्दकुसुम तथा चन्द्रमा सदृश समुज्ज्वल ऐसा विचित्र रूप तो हमने कभी देखा ही नहीं था ॥ १–३ ॥ वे दैत्य कालस्वरूप नृसिंहदेवपर दृष्टिपात करके परस्पर इस प्रकार कथोपकथन करने लगे। भगवानकी दृष्टि पड़ते ही जैसे उनका जीवन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निःशेष हो चुका था ॥ ४ ॥ हिरण्यकशिपुके बलवान् पुत्र प्रह्लाद भी आँखोंको फैलाकर उस दिव्य मूर्तिका अवलोकन करने लगे ॥ ५ ॥ फलतः स्वर्णशैल सदृश वह अपूर्व रूप देखकर हिरण्यकशिपु समेत सभी दैत्य आश्चर्यके समुद्रमें डूब गये ॥ ६ ॥ उसी समय प्रह्लाद अपने पिता हिरण्यकशिपुको सम्बोधित करके कहने लगे—हे महाराज ! आप दैत्योंके पूर्वज हैं। आजतक मैंने ऐसा अद्भुत नृसिंहरूप न कभी देखा और न सुना ही था ॥ ७ ॥ यह बड़ा आश्चर्यजनक स्वरूप है। इस अद्भुत रूपको देखकर मुझे तो ऐसा लगता है कि इसके द्वारा ही हम दैत्योंका विनाश होगा ॥ ८ ॥ इन नृसिंहदेवके शरीरमें सभी देवता, समुद्र, नदी, हिमालय पर्वत, पारियात्र तथा अन्यान्य कुलपर्वत, चन्द्रमा, नक्षत्र, आदित्य, अग्नि, वरुण, कुबेर, यम, इन्द्र, मरुद्गण, गन्धर्वगण, ऋषिगण, तपस्वीगण, नाग, यक्ष, पिशाच और राक्षसगण सबको विद्यमान देख रहा हूँ ॥ ९–११ ॥ जैसे चन्द्रकिरणोंसे समस्त जगत् आलो-

नाम वीर्यवान् ॥ दिव्येन चक्षुषा सिंहमपश्यद्देवमागतम् ॥ ५ ॥ तं दृष्ट्वा रुक्मशैलाभमपूर्वां तनुमास्थितम् ॥ विस्मिता दानवाः सर्वे हिरण्यकशिपुश्च सः ॥ ६ ॥ प्रह्लाद उवाच ॥ महाराज महाबाहो दैत्यानामादिसंभव ॥ न श्रुतं नैव दृष्टं च नारसिंहमिदं वपुः ॥ ७ ॥ अव्यक्तप्रभवं दिव्यं किमिदं रूपमद्भुतम् ॥ दैत्यान्तकरणं घोरं शंसतीव मनांसि नः ॥ ८ ॥ अस्य देवाः शरीरस्थाः सागराः सरितस्तथा ॥ हिमवान्पारियात्रश्च ये चान्ये कुलपर्वताः ॥ ९ ॥ चन्द्रमाः सह नक्षत्रैरादित्याश्चाश्विनौ तथा ॥ धनदो वरुणश्चैव यमः शक्रः शचीपतिः ॥ १० ॥ मरुतो देवगन्धर्वा मुनयश्च तपोधनाः ॥ नागा यक्षाः पिशाचाश्च राक्षसा भीमविक्रमाः ॥ ११ ॥ ब्रह्मदेवः पशुपतिर्ललाटस्था विभान्ति वै ॥ स्थावराणि च भूतानि जङ्गमानि तथैव च ॥ १२ ॥ भवांश्च सहितोऽस्माभिः सर्वैर्दैत्यगणैर्वृतः ॥ विमानशतसंकीर्णा तथाऽभ्यन्तरजा सभा ॥ १३ ॥ सर्वं त्रिभुवने राजँल्लोकधर्मश्च शाश्वतः ॥ दृश्यन्ते नारसिंहेऽस्मिन्यथेन्दौ विमलं जगत् ॥ १४ ॥ प्रजापतिश्चात्र मनुर्महात्मा ग्रहाश्च योगाश्च मही नभश्च ॥ उत्पातकालश्च धृतिः स्मृतिश्च रजश्च सत्त्वं च तमो दमश्च ॥ १५ ॥ सनत्कुमारश्च महानुभावो विश्वे च देवाप्सरसश्च सर्वाः ॥ क्रोधश्च कामश्च तथैव हर्षो दर्पश्च मोहः पितरश्च सर्वे ॥ १६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहे चरिते त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रह्लादस्य च तच्छ्रुत्वा हिरण्यकशिपुर्वचः ॥ उवाच दानवान्सर्वान्सगणांश्च गणाधिपः ॥१॥ मृगेन्द्रो गृह्यतां शीघ्रमपूर्वा

कित हो उठता है, वैसे ही ब्रह्मदेव इनके ललाटमें एवं स्थावर-जङ्गमात्मक समस्त जीव, आप, हम, हमारे सब विमान, यह सभा, शाश्वत लोकधर्म और कहाँ तक कहें, यह सारा जगत् इस अपूर्व देहमें मुझे लक्षित हो रहा है ॥ १२–१४ ॥ प्रजापति, महात्मा मनु, समस्त ग्रह, योग, महीतल, नभोमण्डल, उत्पातकाल, धृति, स्मृति, सत्त्व, रज, तम, दम, महानुभाव सनत्कुमार, विश्वेदेवगण, वसुगण, काम, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष, दर्प एवं पितरोंको मैं इस शरीरमें विद्यमान देख रहा हूँ ॥ १५ ॥ १६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

(दैत्यों द्वारा नृसिंहभगवानपर प्रहार) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! दैत्याधिपति हिरण्यकशिपु प्रह्लादके वचन सुनकर अपने अनुचरोंको सम्बोधित करके बोला ॥ १ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे दानवगण ! इस अपूर्व रूपधारी सिंहको शीघ्र पकड़ लो । यदि कोई संशय दिखायी दे तो इसे तुरन्त मार डालो ॥ २ ॥ दैत्यराजका आदेश पाते ही दानवगण अत्यानन्दित होकर बड़े अभिमानके साथ ताल ठोंकते हुए चारों ओरसे उन भीमपराक्रमी नृसिंहदेवको धमकाने लगे ॥ ३ ॥ उसी समय महाबली एवं परम पराक्रमी नृसिंह भगवानने सिंहनाद करके मुँह बाये हुए यमराजके समान लीलाक्रमसे उस सभाको भंग कर दिया ॥ ४ ॥ सभाके भंग होते ही दैत्यराज हिरण्यकशिपु स्वयं उनके ऊपर शस्त्ररूपी जलकी वर्षा करने लगा । उस समय रोषसे उसके नेत्र व्याकुल हो उठे थे ॥ ५ ॥ उसने एक साथ अस्त्रश्रेष्ठ भयंकर दण्डास्त्र, उग्र कालचक्र, विष्णुचक्र, धर्मचक्र, महाचक्र, अजितचक्र, घोरतर इन्द्रचक्र, ऋषिचक्र, त्रैलोक्य-संहारक पितामहचक्र, विचित्र अशनि, शुष्क एवं आर्द्र अशनि, भयानक शूल, कंकाल, मुसल, ब्रह्मशिरास्त्र, ब्रह्मास्त्र, ऐषीकास्त्र, ऐन्द्रास्त्र, आग्नेयास्त्र, शिशिरास्त्र, वायव्यास्त्र, मथनास्त्र,

तनुमास्थितः ॥ यदि वा संशयः कश्चिद्वध्यतां वनगोचरः ॥२॥ तच्छ्रुत्वा दानवाः सर्वे मृगेन्द्रं भीमविक्रमम् ॥ परिक्षिपन्तो मुदितास्त्रासयामासुरो-
जसा ॥३॥ सिंहनादं नदित्वा तु पुनः सिंहो महाबलः ॥ बभञ्ज तां सभां रम्यां व्यादितास्य इवान्तकः ॥४॥ सभायां भज्यमानायां हिरण्यकशिपुः
स्वयम् ॥ चिक्षेपास्त्राणि सिंहस्य रोषव्याकुललोचनः ॥ ५ ॥ सर्वास्त्राणामथ श्रेष्ठं दण्डमस्त्रं सुभैरवम् ॥ कालचक्रं तथाऽत्युग्रं विष्णुचक्रं तथैव च
॥६॥ धर्मचक्रं महच्चक्रमजितं नाम नामतः ॥ चक्रमैन्द्रं तथा घोरमृषिचक्रं तथैव च ॥७॥ पैतामहं तथा चक्रं त्रैलोक्यमहितस्वनम् ॥ विचित्रामशनिं
चैव शुष्कार्द्रं चाशनिद्वयम् ॥८॥ रौद्रं तदुग्रं शूलं च कङ्कालं मुसलं तथा ॥ अस्त्रं ब्रह्मशिरश्चैव ब्राह्ममस्त्रं तथैव च ॥९॥ ऐषीकमस्त्रमैन्द्रं च आग्नेयं
शैशिरं तथा ॥ वायव्यं मथनं नाम कापालमथ किंकरम् ॥१०॥ तथा चाप्रतिमां शक्तिं क्रौञ्चमस्त्रं तथैव च ॥ अस्त्रं हयशिरश्चैव सौम्यमस्त्रं तथैव
च ॥११॥ पैशाचमस्त्रममितं सत्यमस्त्रं तथाऽद्भुतम् ॥ मोहनं शोषणं चैव सन्तापनविलापनम् ॥ १२ ॥ जृम्भणं प्रापणं चैव त्वाष्ट्रं चैव सुदारुणम् ॥
कालमुद्गरमक्षोभ्यं क्षोभणं तु महाबलम् ॥१३॥ संवर्त्तनं मोहनं च तथा मायाधरं परम् ॥ गान्धर्वमस्त्रं दयितमसिरत्नं च नन्दकम् ॥१४॥ प्रस्वापनं
प्रमथनं वारुणं चास्त्रमुत्तमम् ॥ अस्त्रं पाशुपतं चैव यस्याप्रतिहता गतिः ॥ १५ ॥ एतान्यस्त्राणि सर्वाणि हिरण्यकशिपुस्तदा ॥ चिक्षेप नारसिंहस्य
दीप्तस्याग्नेर्यथाहुतिः ॥ १६ ॥ अस्त्रैः प्रज्वलितैः सिंहमावृणोदसुराधिपः ॥ विवस्वान्घर्मसमये हिमवन्तमिवांशुभिः ॥ १७ ॥ स ह्यमर्षानिलोद्धूतो
दैत्यानां सैन्यसागरः ॥ क्षणेनाप्लावयत्सिंहं मैनाकमिव सागरः ॥१८॥ प्रासैः पाशैस्तथा शूलैर्गदाभिर्मुसलैस्तथा ॥ वज्रैरशनिकल्पैश्च शिलाभिश्च

कापालास्त्र, किंकरास्त्र, क्रौञ्चास्त्र, हयशिरास्त्र, सौम्यास्त्र, पैशाचास्त्र, सत्यास्त्र एवं मोहन, शोषण, सन्तापन, विलापन, जृम्भण, पातन तथा क्षोभणास्त्र, त्वष्टास्त्र, अक्षोभ्य काल-मुद्गर, मायामय संवर्तास्त्र, गान्धर्वास्त्र, अतिप्रिय तथा आनन्ददायिनी असि, प्रस्वापनास्त्र, प्रमथनास्त्र, उत्कृष्ट वारुणास्त्र, दुर्निवार पाशुपतास्त्र और अनिवार्य गदा प्रभृति नाना प्रकारके अस्त्र नृसिंहदेवके ऊपर गिरने लगे । वह देखकर ऐसा लगा कि मानो प्रज्वलित अग्निमें आहुति दी जा रही हो ॥ ६–१६ ॥ सूर्यदेव जैसे ग्रीष्मकालमें अपनी किरणोंसे हिमाचलको ढँक लेते हैं, उसी प्रकार दैत्यराज हिरण्यकशिपुने अपने प्रज्वलित शस्त्रास्त्रसमूहसे नृसिंहभगवानको ढाँक दिया ॥ १७ ॥ समुद्र जैसे मैनाक पर्वतको अपने जलमें डुबाकर रखे हुए है, उसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रकार उस दैत्यसेनाके समुद्रने क्षणभरमें नृसिंहभगवानको अपने रोषरूपी पवनसे विक्षुब्ध करके एकाएक प्लावित कर दिया ॥ १८ ॥ तदनन्तर दैत्यगण प्रास, खड्ग, गदा, मुसल, वज्र, अशनि, शिला, महावृक्ष, मुद्गर, कूटपाश, शूल, उलूखल, पर्वत, दीप्त शतघ्नी तथा सुदारुण दण्ड आदि शस्त्रास्त्र संचालित करके चारों ओरसे भगवानपर प्रहार करने लगे, किन्तु महाबली नृसिंहनारायण इससे तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ १९-२१ ॥ इन्द्रके अशनि तथा वज्रास्त्र तुल्य वेगवान् दानव पाशास्त्र ले तथा अपना भुजदण्ड उठाकर चारों ओर खड़े हो गये। उस समय ऐसा लगा कि मानों तीन मस्तकोंवाले नागगण चारों ओर खड़े हैं ॥ २२ ॥ उन दानवोंके गलेमें स्वर्णमाला पड़ी थी और उनके सभी अङ्ग आभूषणोंसे आभूषित थे। उनके हाथोंमें नाना प्रकारके केयूर थे और विशेष करके सब ऊपरी अङ्गोंमें मोतियोंकी माला विराजित रहनेके कारण वे सैनिक पंख फैलाये हुए हंसके सदृश शोभायमान हो रहे थे ॥ २३ ॥ वायुसदृश पराक्रमी उन सैनिकोंके केयूर, माला तथा कंकणकी दीप्ति मस्तकपर पड़कर वे सभी भूषणालंकृत मस्तक प्रभातकालीन सूर्यको किरणोंके समान दीख रहे थे ॥२४॥

महाद्रुमैः ॥ १९ ॥ मुद्गरैः कूटपाशैश्च शूलोलूखलपर्वतैः ॥ शतघ्नीभिश्च दीप्ताभिर्दण्डैरपि सुदारुणैः ॥ २० ॥ परिवार्य समन्तात्तु निघ्नन्नस्त्रैर्हरिं तदा ॥ स्वल्पमप्यस्य न क्षुण्णमूर्जितस्य महात्मनः ॥ २१ ॥ ते दानवाः पाशगृहीतहस्ता महेन्द्रवज्राशनितुल्यवेगाः ॥ समन्ततोऽभ्युद्यतबाहुशस्त्राः स्थितास्त्रिशीर्षा इव पन्नगेन्द्राः ॥ २२ ॥ सुवर्णमालाकुलभूषिताङ्गा नानाङ्गदाभोगपिनद्धगात्राः ॥ मुक्तावलीदामविभूषिताङ्गा हंसा इवाभान्ति विशालपक्षाः ॥ २३ ॥ तेषां तु वायुप्रतिमौजसां वै केयूरमालावलयोत्कटानि ॥ तान्युत्तमाङ्गान्यभितो विभान्ति प्रभातसूर्यांशुसमप्रभाणि ॥ २४ ॥ तैः प्रक्षिपद्भिर्ज्वलितानलोपमैर्महास्त्रपूगैः स समावृतो बभौ ॥ गिरिर्यथा संततवर्षिभिर्घनैः कृतान्धकारोऽद्भुतकन्दरद्रुमः ॥ २५ ॥ तैर्हन्यमानोऽपि महास्त्रजालैः सर्वैस्तदा दैत्यगणैः समेतैः ॥ नाकम्पताजौ भगवान्प्रतापवान्स्थितः प्रकृत्या हिमवानिवाचलः ॥ २६ ॥ संतापितास्ते नरसिंहरूपिणा दितेः सुताः पावकदीप्ततेजसा ॥ भयाद्विचेलुः पवनोद्धता यथा महोर्मयः सागरवारिसंभवाः ॥ २७ ॥ शतैर्धनुर्भिः सुमहातिवेगा युगान्तकालप्रतिमा-ञ्छरौघान् ॥ एकायनस्था मुमुचुर्नृसिंहे महासुराः क्रोधविदीपिताङ्गाः ॥२८॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहे चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

उसी समय चारों ओर अग्निसदृश तेजस्वी शस्त्रास्त्रोंकी अनवरत वर्षा होने लगी। सैनिकगणोंके उस शस्त्रसमूहसे ढँककर भगवान एक तो वृक्षोंसे परिपूर्ण और उसपर भी निरन्तर धारावर्षी मेघोंसे आवृत पर्वतकन्दराके सदृश सहसा अन्धकारमग्न हो गये ॥२५॥ वे महाबली तथा परम पराक्रमी दैत्य संघबद्ध होकर प्रचुर शस्त्रवर्षा कर रहे थे। तथापि प्रबल प्रतापशाली भगवान नृसिंह हिमालय पर्वतके समान अचल भावसे खड़े रहे—उनके प्रबल प्रहारसे वे तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ २६ ॥ बल्कि अग्नितुल्य तेजस्वी वे दैत्य ही भगवानके नृसिंहरूपसे भयभीत होकर समुद्रसे उठी हुई तरङ्गोंके समान विचलित हो उठे ॥२७॥ क्रोधसे उन दैत्योंका शरीर लाल हो गया। वे एक स्थानपर खड़े हो तथा एक साथ सौ-सौ धनुष धारण करके प्रलयकालके समान भयंकर बाणोंसे नृसिंहभगवानको बींधने लगे ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुश्चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(नृसिंह भगवानका प्रताप) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस सेनाके सैनिकोंमेंसे कोई गधा था और किसीका मुख गधे जैसा, किसीकी आकृति मगर जैसी, किसीका मुख सर्पसदृश किसीका वानर जैसा मुख, किसीका प्रातःकालीन सूर्यसदृश लाल मुख, किसीका धूमकेतु जैसा मुख, किसीका अर्धचन्द्र जैसा मुख और किसीका चन्द्रमासदृश मुख था। किसीका प्रदीप्त अग्निके समान मुख, किसीका हंस जैसा मुख, किसीका कुक्कुट जैसा मुख, कोई मुँह बाये हुए, कोई सिंहके समान होंठ चाटता था और किसीका कौए तथा गिद्ध जैसा मुख था। किसीकी जिह्वा बिजली जैसी चंचल थी। किसीके तीन मस्तक थे। किसीका मुख उल्का सरीखा था। किसीकी आकृति ग्राह जैसी थी और किसी-किसीकी आकृति विचित्र प्रकारकी थी। वे सभी दानव बलाधिक्यके कारण मदोन्मत्त थे ॥ १–४ ॥ इस तरह विविध प्रकारके मुख तथा नानाकृतिसम्पन्न वे दानवगण कैलासशिखराकार एवं अवध्य उन नृसिंहभगवानपर बाणवर्षा करने लगे, किन्तु इससे भगवानके शरीरमें तनिक भी वेदनाका अनुभव नहीं हुआ ॥ ५ ॥ अन्यान्य दानवगण भी श्वासत्यागी सर्पोंके समान अत्यन्त क्रुद्ध होकर भगवानके शरीरपर बाणवर्षा

वैशम्पायन उवाच ॥ खराः खरमुखाश्चैव मकराशीविषाननाः ॥ ईहामृगमुखाश्चान्ये वराहसदृशाननाः ॥ १ ॥ बालसूर्यमुखाश्चैव धूमके-
तुमुखास्तथा ॥ चन्द्रार्द्धचन्द्रवक्त्राश्च प्रदीप्ताग्निमुखास्तथा ॥ २ ॥ हंसकुक्कुटवक्त्राश्च व्यादितास्या भयावहाः ॥ पञ्चास्या लेलिहानाश्च काकगृ-
ध्रमुखास्तथा ॥ ३ ॥ विद्युज्जिह्वास्त्रिशीर्षाश्च तथोल्कासन्निभाननाः ॥ महाग्राहनिभाश्चान्ये दानवा बलदर्पिताः ॥ ४ ॥ कैलासवपुषस्तस्य शरीरे
शरवृष्टयः ॥ अवध्यस्य मृगेन्द्रस्य न व्यथां चक्रुराहवे ॥ ५ ॥ एवं भूयोऽपरान्घोरानसृजन्दानवाः शरान् ॥ मृगेन्द्रस्योरसि क्रुद्धा निःश्वसन्त
इवोरगाः ॥ ६ ॥ ते दानवशरा घोरा मृगेन्द्राय समीरिताः ॥ विलयं जग्मुराकाशे खद्योता इव पर्वते ॥ ७ ॥ ततश्चक्राणि दिव्यानि दैत्याः
क्रोधसमन्विताः ॥ मृगेन्द्रायाक्षिपन्त्याशु प्रज्वलन्तीव सर्वशः ॥ ८ ॥ तैरासीद्गगनं चक्रैः संपतद्भिः तमोवृतम् ॥ युगान्ते संप्रकाशद्भिश्चन्द्रसूर्य-
ग्रहैरिव ॥ ९ ॥ तानि चक्राणि वदनं प्रविशन्ति विभान्ति वै ॥ मेघोदरदरीं घोरां चन्द्रसूर्यग्रहा इव ॥ १० ॥ तानि चक्राणि सर्वाणि मृगेन्द्रेण
महात्मना ॥ निगीर्णानि प्रदीप्तानि पावकार्चिःसमानि वै ॥ ११ ॥ हिरण्यकशिपुर्दैत्यो भूयः प्रासृजदूर्जिताम् ॥ शक्तिं प्रज्वलितां घोरां हुताशन-
समप्रभाम् ॥ १२ ॥ तामापतन्तीं संप्रेक्ष्य मृगेन्द्रः शक्तिमुत्तमाम् ॥ हुंकारेणैव रौद्रेण बभञ्ज भगवांस्तदा ॥ १३ ॥ रराज भग्ना सा शक्तिर्मृगे-

कर रहे थे। किन्तु जैसे आकाशमें उड़नेवाले जुगुनू पर्वतके शरीरमें विलीन हो जाते हैं, उसी प्रकार उन दैत्योंके बाण नृसिंह भगवानकी देहमें विलीन होने लगे ॥ ६ ॥ ७ ॥ बाणवर्षासे कोई लाभ न होते देख वे दैत्य और भी क्रुद्ध होकर भगवानके ऊपर जलजलाते चक्रास्त्रकी वर्षा करने लग गये ॥ ८ ॥ आकाशमें उड़ते हुए उन चक्रोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो प्रलयकालमें सूर्य-चन्द्रादि ग्रह एक साथ उदित हो गये हों ॥ ९ ॥ तदनन्तर महात्मा नृसिंह भगवानने मुँह फैलाकर उन सभी चक्रोंको एक साथ उदरस्थ कर लिया। जब वे चक्र भगवानके मुखमें प्रविष्ट होने लगे तो ऐसा मालूम पड़ा कि मानो चन्द्र-सूर्यादि ग्रह मेघके उदरमें प्रविष्ट हो रहे हैं ॥ १० ॥ हे महाराज ! जब अग्निके सदृश देदीप्यमान उन चक्रोंको महात्मा नृसिंहभगवानने निगल लिया, तब दानवेन्द्र हिरण्यकशिपुने उनपर विद्युत् तथा अग्निसदृश तेजस्वी एक शक्तिसे प्रहार किया ॥ ११ ॥ १२ ॥ उस उत्तम शक्तिको अपनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओर आती देखकर नृसिंहभगवानने हुंकार करके खण्ड-खण्ड कर दिया ॥ १३ ॥ जब भग्न होकर वह शक्ति भूमिपर गिरी तो ऐसा लगा कि मानो आकाशसे आगकी चिनगारियाँ उगलती हुई कोई महती उल्का गिर रही है ॥ १४ ॥ उस समय भगवान नृसिंहदेवने अपने धनुषसे एक साथ बहुतेरे बाणोंकी वर्षा कर दी । वह बाणपंक्ति दूरसे देखनेपर नील कमलकी माला जैसी सुन्दर लग रही थी ॥१५॥ तदनन्तर जैसे वायुके झोंकेसे तृण उड़ जाते हैं, उसी प्रकार नृसिंहदेवके गर्जनसे भयभीत होकर सारी दैत्यसेना भाग गयी ॥१६॥ तदनन्तर वे दैत्य उड़कर आकाशमें जा पहुँचे और वहाँसे पर्वत सरीखे बड़े-बड़े शिलाखण्डोंकी वर्षा करने लगे ॥१७॥ जिस प्रकार जुगनुओंके समूहसे सब दिशायें आच्छादित हो जाती हैं, उसी तरह उस शिलावृष्टिकी धारासे दशों दिशायें ढँक गयीं ॥ १८ ॥ उस समय दानवोंने भगवानपर शिलावर्षण करके उन्हें इस तरह ढाँक दिया, जैसे मेघोंने जलकी वर्षा करके रजतगिरिको ढाँक दिया हो ॥१९॥ जैसे बड़ा बली समुद्र अगणित चेष्टा करके भी पर्वतको नहीं हिला सकता, उसी प्रकार दानवगण प्राणपणसे यत्न करके भी उन रणधीर नृसिंहभगवानको विचलित

न्द्रेण महीतले ॥ सविस्फुलिङ्गा ज्वलिता महोल्केव नभश्च्युता ॥ १४ ॥ नाराचपङ्क्तिः सिंहस्य सृष्टा रेजे विदूरतः ॥ नीलोत्पलपलाशानां माले-वोज्ज्वलदर्शना ॥ १५ ॥ गर्जित्वा तु यथाकामं विक्रम्य च यथासुखम् ॥ तत्सैन्यमुत्सारितवांस्तृणाग्राणीव मारुतः ॥ १६ ॥ ततोऽश्मवर्षं दैत्येन्द्रा व्यसृजन्त नभोगताः ॥ नगमात्रैः शिलाखण्डैर्गिरिकूटैर्महाप्रभैः ॥ १७ ॥ तदश्मवर्षं सिंहस्य गात्रे निपतितं महत् ॥ दिशो दश प्रकीर्णं हि खद्योतप्रकरो यथा ॥ १८ ॥ तदश्मौघैर्दितिसुतास्तदा सिंहमरिन्दमम् ॥ प्राच्छादयन्यथा मेघा धाराभिरिव पर्वतम् ॥ १९ ॥ न च तं चालयामा-सुर्दैत्यौघा देवमास्थितम् ॥ भीमवेगा बलश्रेष्ठं समुद्रा इव पर्वतम् ॥ २० ॥ ततोऽश्मवर्षे निहते जलवर्षमनन्तरम् ॥ धाराभिरक्षमात्राभिः प्रादुरा-सीत्समन्ततः ॥ २१ ॥ नभसः प्रच्युता धारास्तिग्मवेगाः सहस्रशः ॥ आवृण्वन्सर्वतो व्योम दिशश्चोपदिशस्तथा ॥ २२ ॥ धाराणां सन्निपातेन वायोर्विस्फूर्जितेन च ॥ वर्द्धता चैव वर्षेण न प्राज्ञायत किंचन ॥ २३ ॥ धारा दिवि च संसक्ता वसुधायां च सर्वशः ॥ न स्पृशन्ति स्म तं तत्र निपतन्त्योऽनिशं भुवि ॥ २४ ॥ बाह्यतो ववृषे वर्षं नोपरिष्टात्तु तोयदः ॥ मृगेन्द्रप्रतिरूपस्य स्थितस्य युधि मायया ॥ २५ ॥ हतेऽश्मवर्षे तुमुले जलवर्षे च शोषिते ॥ ससृजुर्दानवा मायामग्निं वायुं च सर्वशः ॥ २६ ॥ नभसः प्रच्युतश्चैव तिग्मवेगः समन्ततः ॥ ज्वालामाली महारौद्रो दीप्त-

नहीं कर सके ॥२०॥ इस प्रकार तुमुल शिलावृष्टिके पश्चात् जलवृष्टि आरम्भ हुई । आँवले जैसी बड़ी-बड़ी बूँदोंवाली उस जलवर्षासे एक साथ समस्त आकाशमण्डल तथा दशों दिशायें ढँक गयीं । यहाँ तक कि एक तो जलवर्षण और उसके साथ-साथ प्रबल झंझावातके संयोगसे कुछ दिखायी ही नहीं देता था ॥२१–२३॥ पृथिवीसे लेकर आकाश तक कहीं भी जलकी धाराका वेग नहीं टूट रहा था । किन्तु वह अविरल जलधारा भी नृसिंह भगवानके शरीरका स्पर्श नहीं कर सकी ॥ २४ ॥ क्योंकि उनके मस्तकपर जलका एक छींटा भी नहीं पड़ रहा था । केवल अगल-बगलसे अलबत्ते कुछ जल बह जाता था । जो भी हो, नृसिंहरूपधारी नारायणकी मायाके प्रभावसे उस विकराल शिलावृष्टिके निवारित होने तथा जलवर्षण रुक जानेपर उन दानवोंने मायाबलसे अग्नि और वायुकी अवतारणा कर दी ॥ २५ ॥ २६ ॥ तदनुसार आकाशसे चारों ओर जलजलाते अंगारे बरसने लगे । वह अग्निवर्षा हिरण्यकशिपुके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ही कौशलसे हो रही थी। यह होनेपर भी वह अग्निवर्षा किसी प्रकार नृसिंहदेवको नहीं जला सकी ॥ २७ ॥ २८ ॥ कुछ देर बाद सहस्राक्ष एवं परम तेजस्वी इन्द्रदेवने घोरतर जलकी वर्षा करके वह आग शान्त कर दी ॥ २९ ॥ उस अग्निमायाके शान्त हो जानेपर दानवोंने अन्य मायाका विस्तार करके सब ओर घोर अन्धकारकी सृष्टि कर दी ॥ ३० ॥ तब नृसिंहदेवने अपने तेजके प्रभावसे सूर्यके समान द्युति धारण कर ली। दानवोंने देखा कि उन नृसिंहनारायणके ललाटमें त्रिपथगामिनी गंगाके सदृश त्रिशिखा भ्रुकुटी विद्यमान है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४५ ॥

(हिरण्यकशिपुके क्रोधसे खलबली) इस प्रकार एक-एक करके समस्त मायाओंका नाश हो जानेपर दैत्यगण अत्यन्त विषण्ण होकर हिरण्यकशिपुकी शरणमें जा पहुँचे ॥ १ ॥

तेजाः समन्ततः ॥ २७ ॥ स सृष्टः पावकस्तेन दैत्येन्द्रेण महात्मना ॥ न शशाक महातेजा दग्धुमप्रतिमौजसम् ॥ २८ ॥ तमिन्द्रस्तोयदैः सार्धं सहस्राक्षोऽमितद्युतिः ॥ महता तोयवर्षेण शमयामास पावकम् ॥ २९ ॥ तस्यां प्रतिहतायां तु मायायां युधि दानवाः ॥ ससृजुर्घोरसंकाशं तमस्तीव्रं समन्ततः ॥ ३० ॥ तमसा संवृते लोके दैत्येष्वात्तायुधेषु वै ॥ स्वतेजसा परिवृतो दिवाकर इवाबभौ ॥ ३१ ॥ त्रिशिखां भ्रुकुटीं चास्य ददृशुर्दानवा रणे ॥ ललाटस्थां त्रिकूटस्थां गङ्गां त्रिपथगामिव ॥ ३२ ॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहे पञ्चचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः सर्वासु मायासु हतासु दितिनन्दनाः ॥ हिरण्यकशिपुं सर्वे विषण्णाः शरणं गताः ॥१॥ ततः प्रज्वलितः क्रोधात्प्रदहन्निव तेजसा ॥ हिरण्यकशिपुर्दैत्यश्चालयामास मेदिनीम् ॥२॥ ततः प्रक्षुभिताः सर्वे सागराः सलिलाकराः ॥ चलिता गिरयः सर्वे सकाननवनद्रुमाः ॥ ३ ॥ तस्मिन्क्रुद्धे तु दैत्येन्द्रे तमोभूतमभूज्जगत् ॥ तमसा समभूच्छन्नं न प्राज्ञायत किंचन ॥ ४ ॥ आवहः प्रवहश्चैव विवहश्च समन्ततः ॥ परावहः संवहश्च उद्वहश्च महाबलः ॥ ५ ॥ तथा परिवहः श्रीमान्मारुता भयशंसिनः ॥ इत्येते क्षुभिताः सप्त मारुता गगनेचराः ॥ ६ ॥ ये ग्रहाः सर्वलोकस्य क्षये प्रादुर्भवन्ति वै ॥ ते ग्रहा गगने हृष्टा विचरन्ति यथासुखम् ॥ ७ ॥ अयोगतश्चाप्यचरद्योगं दिवि निशाकरः ॥ सग्रहं सहनक्षत्रं प्रजज्वाल नभो नृप ॥८॥ विवर्णत्वं च भगवान्गतो दिवि दिवाकरः ॥ कृष्णः कबन्धश्च महाँल्लक्ष्यते च नभस्तले ॥९॥ अमुञ्चच्चासितां

अपने सेवकोंका विषाद देखकर हिरण्यकशिपु मारे क्रोधके प्रज्वलित हो उठा। जिससे पृथिवी काँपने लगी। सभी समुद्र क्षुब्ध हो उठे। सब वन और पर्वत कम्पित हो गये। उस दैत्यपतिके क्रुद्ध होनेपर समस्त जगत्में ऐसा अन्धकार छा गया कि कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं हो रहा था ॥ २–४ ॥ उत्पातसूचक आवह, प्रवह, विवह, परावह, संवह, उद्वह और परिवह ये सातों पवन बहुत उच्छृङ्खल भावसे प्रवाहित होने लगे ॥ ५ ॥ ६ ॥ प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जो ग्रह उदित हो जाते हैं, वे सब ग्रह प्रसन्न मन और परम आनन्दके साथ गगनमार्गमें परिभ्रमण करने लगे ॥ ७ ॥ चन्द्रदेव ह्रास और वृद्धिसे रहित हो ग्रहों और नक्षत्रोंके साथ जाज्वल्यमान होकर नभमण्डलमें विचरने लगे। भगवान भास्कर निष्प्रभ हो गये। आकाशमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब लोगोंको काले रंगका महान् कबन्ध दृष्टिगोचर होने लगा ॥८॥९॥ जो गगनमण्डलमें विराजमान रहते हुए अपनी परिधिका विस्तार करते थे, वे ही भगवान सूर्य अब कृष्णवर्ण होकर अति भयङ्कर धूमशिखाका विस्तार करने लगे। चन्द्रदेवके ऊपर जो सप्त सूर्यग्रह रहते हैं, वे सातों ग्रह धूम्रवर्ण होकर उदित हो गये ॥१०॥११॥ शुक्र वामभागमें एवं बृहस्पति दक्षिण-भागमें उदित हुए। शनैश्चर मंगल ग्रहके समान लोहितवर्ण होकर उदित हो गया ॥ १२ ॥ प्रलयकाल उपस्थित करनेवाले ग्रह एक साथ स्वर्णमय दुर्गम सुमेरुश्रृङ्गपर जा बैठे ॥ १३ ॥ चन्द्रमा अखिल चराचर विश्वका विनाश करनेके लिए नक्षत्रों एवं अन्य सप्तग्रहोंके साथ सम्मिलित हो गये। इसके बाद वे रोहिणीके पास नहीं जा सके। इस कारण रोहिणीने उनके कार्यकलापका अभिनन्दन नहीं किया ॥ १४ ॥ राहु सूर्यपर आक्रमण करके उल्का द्वारा उनपर प्रहार करने लगा। वह समस्त उल्कापिण्ड सूर्यदेवके शरीरसे टकराकर तथा प्रज्ज्वलित

सूर्यो धूमवर्ति भयावहाम् ॥ गगनस्थश्च भगवानभीक्ष्णं परितप्यते ॥ १० ॥ सप्तधूमनिभा घोराः सूर्या दिवि समुत्थिताः ॥ सोमस्य गगनस्थस्य ग्रहास्तिष्ठन्ति श्रृङ्गगाः ॥ ११ ॥ वामे च दक्षिणे चैव स्थितौ शुक्रबृहस्पती ॥ शनैश्चरो लोहिताङ्गो लोहितार्कसमद्युतिः ॥ १२ ॥ समं समभिरोहन्ति दुर्गाणि गगनेचराः ॥ श्रृङ्गाणि कनकैर्घोरा युगान्तावर्तका ग्रहाः ॥१३॥ चन्द्रमाः सह नक्षत्रैर्ग्रहैः सप्तभिरावृतः ॥ चराचरविनाशार्थं रोहिणी नाभ्य-नन्दत ॥ १४ ॥ गृहीतो राहुणा चन्द्र उल्काभिरभिहन्यते ॥ उल्काः प्रज्वलिताश्चन्द्रे प्रचेलुर्घोरदर्शनाः ॥ १५ ॥ देवानामपि यो देवः सोऽभ्यवर्षत शोणितम् ॥ अपतद्गगनादुल्का विद्युद्रूपा सनिःस्वना ॥ १६ ॥ अकाले पादपाः सर्वे पुष्यन्ति च फलन्ति च ॥ लताश्च सफलाः सर्वा या प्राहुर्दै-त्यनाशनम् ॥ १७ ॥ फले फलान्यजायन्त पुष्पे पुष्पं तथैव च ॥ उन्मीलन्ति निमीलन्ति हसन्ति च रुदन्ति च ॥ १८ ॥ विक्रोशन्ति च गम्भीरं धूमयन्ति ज्वलन्ति च ॥ प्रतिमाः सर्वदेवानां कथयन्ति युगक्षयम् ॥ १९ ॥ आरण्यैः सह संसृष्टा ग्राम्याश्च मृगपक्षिणः ॥ चुक्रुशुर्भैरवं तत्र मृगेन्द्रे समुपस्थिते ॥ २० ॥ नद्यश्च प्रतिलोमा हि वहन्ति कलुषोदकाः ॥ अपराह्णगते सूर्ये लोकानां क्षयकारके ॥ २१ ॥ न प्रकाशन्ति च दिशो रक्तरे-णुसमाकुलाः ॥ वानस्पत्या न पूज्यन्ते पूजनार्हाः कथञ्चन ॥ २२ ॥ वायुवेगेन हन्यन्ते भिद्यन्ते प्रणुदन्ति च ॥ तदा च सर्वभूतानां छाया न परि-

भावसे भयंकर रूप धारण करके चन्द्रमाके ऊपर गिरने लगा ॥ १५ ॥ देवाधिदेव इन्द्र रुधिरकी वर्षा करने लगे। बिजलीके समान चमकीली उल्कायें वज्रपातके सदृश घोर शब्द करती हुई गिरने लगीं ॥ १६ ॥ सभी वृक्ष असमयमें ही फल-पुष्प प्रदान करने लगे। लतायें अकालमें फलवती होकर दैत्योंके विनाशकी सूचना देने लगीं ॥ १७ ॥ फलके ऊपर फल और पुष्पपर पुष्प उत्पन्न होने लगे। देवप्रतिमायें कभी नेत्र खोलने और कभी मूँदने लगीं। वे कभी हँसतीं, कभी रोतीं और कभी गम्भीर स्वरमें चीत्कार करने लगती थीं। कभी-कभी वे धुआँ और कभी आग उगलती हुई युगक्षयकी सूचना दे रही थीं ॥ १८ ॥ १९ ॥ जंगली तथा ग्रामीण पशु-पक्षी एक साथ मिलकर भयंकर शब्दोंमें चीत्कार करने लगे ॥ २० ॥ नदियाँ मटमैली होकर उल्टी बहने लगीं। लोकोंके विनाशकी सूचना देते हुए सूर्यभगवान अपराह्णगत हो गये ॥ २१ ॥ रक्तवर्णकी धूलसे भरी दिशायें प्रकाशहीन हो गयीं। पूजाके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

योग्य वनस्पतिगण पूजासे वंचित हो गये ॥ २२ ॥ वे वायुके झोंकोंसे उखड़-उखड़कर गिरने लगे। प्रलयकारी एवं निष्प्रभ सूर्यनारायणके अस्त हो जानेपर भी किसी वस्तुकी छाया परिवर्तित नहीं हुई। उसी समय हिरण्यकशिपुके धनागार और अस्त्रागारमें मधुमक्षिकायें घुस गयीं। उस दैत्यके अस्त्रागारमें धूमराशि छा गयी ॥ २३–२५ ॥ दैत्यराज हिरण्यकशिपु इन उत्पातोंको देखकर पुरोहित शुक्राचार्यको सम्बोधित करके बोला—भगवन्! ये सब उत्पात सहसा क्यों उत्पन्न हो गये हैं? इसका कारण जाननेके लिए मेरे मनमें प्रबल उत्कण्ठा जागृत हो गयी है ॥ २६ ॥ २७ ॥ शुक्राचार्य बोले—हे दैत्येन्द्र! जिस कारण ये भयङ्कर और महान् उत्पात उत्पन्न हुए हैं, उसे बताता हूँ। ध्यान देकर सुनिए ॥२८॥ जिस राजाके राज्यमें इस प्रकारके महान् उत्पात होते हैं, उस राजाका राज्य शीघ्र नष्ट हो जाता है अथवा वह राजा स्वयं बन्धनमें पड़ जाता है ॥ २९ ॥ अतएव अब बुद्धिपूर्वक भलीभाँति विचार करके ऐसा

वर्त्तते ॥२३॥ अपराह्णगते सूर्ये लोकानां च युगक्षये ॥ तदा हिरण्यकशिपोर्दैत्यस्योपरि वेश्मनः ॥२४॥ भाण्डागारायुधागारे निविष्टमभवन्मधु ॥
तथैव चायुधागारे धूमराजिरदृश्यत ॥ २५ ॥ स च दृष्ट्वा महोत्पातान् हिरण्यकशिपुस्तदा ॥ पुरोहितं तदा शुक्रं वचनं चेदमब्रवीत् ॥ २६ ॥ किमर्थं
भगवन्नेते महोत्पाताः समुत्थिताः ॥ श्रोतुमिच्छामि तत्त्वेन परं कौतूहलं हि मे ॥ २७ ॥ शुक्र उवाच ॥ शृणु राजन्नवहितो वचनं मे महासुर ॥
यदर्थमिह दृश्यन्ते महोत्पाता महाभयाः ॥ २८ ॥ यस्यैते संप्रदृश्यन्ते राज्ञो राष्ट्रे महासुर ॥ देशो वा ह्रियते तस्य राजा वा बन्धमर्हति ॥ २९ ॥
अतो बुद्ध्या समीक्षस्व यथा सर्वं प्रणश्यति ॥ बृहद्भयं हि न चिराद्भविष्यति न संशयः ॥ ३० ॥ एतावदुक्त्वा शुक्रस्तु हिरण्यकशिपुं तदा ॥
स्वस्तीत्युक्त्वा तु दैत्येन्द्रं जगाम स्वं निवेशनम् ॥ ३१ ॥ तस्मिन्गते स दैत्येन्द्रो ध्यातवान्सुचिरं तदा ॥ आसांचक्रे सुदीनात्मा ब्रह्मवाक्यमनुस्म-
रन् ॥ असुराणां विनाशाय सुराणां विजयाय च ॥ ३२ ॥ दृश्यन्ते विविधोत्पाता घोरा घोरनिदर्शनाः ॥ एते चान्ये च बहवो घोरा ह्युत्पातदर्श-
नाः ॥ ३३ ॥ दैत्येन्द्राणां विनाशाय दृश्यन्ते कालनिर्मिताः ॥ ततो हिरण्यकशिपुर्गदामादाय सत्वरम् ॥ ३४ ॥ अभ्यद्रवत्तु वेगेन धरणीमनुक-
म्पयन् ॥ हिरण्यकशिपुर्दैत्यो यदा संस्पृष्टवान्महीम् ॥ ३५ ॥ संदष्टौष्ठपुटः क्रोधाद्वराह इव पूर्वजः ॥ मेदिन्यां कम्प्यमानायां दैत्येन्द्रेण महात्मना

कार्य करिए कि जिससे सब उत्पात नष्ट हो जायँ। यदि ऐसा न करिएगा तो शीघ्र बहुत बड़ी विपत्तिमें पड़ जाइएगा। इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ३० ॥ हे महाराज! शुक्राचार्य हिरण्यकशिपुको इस प्रकार समझाकर 'आपका कल्याण हो' ऐसा कहते हुए अपने घर चले गये ॥ ३१ ॥ उनके चले जानेपर दैत्यराज हिरण्यकशिपु दीनभावसे बैठकर बहुत देरतक मन ही मन उनकी बातोंपर इस प्रकार विचार करने लगा—ये भयानक उत्पात हमारे नाश और देवताओंकी विजयके लिए उत्पन्न हो रहे हैं। हम दैत्योंका विनाश करनेके लिए ही कालप्रेरित होकर ये सब उत्पात उदीयमान हो रहे हैं। इस प्रकार विचार करनेके बाद हां वह क्रोधसे लाल होकर दाँतोंसे होंठ चबाता हुआ गदा लेकर इस प्रकार वेगके साथ झपटा कि उसके पैरोंकी धमकसे पृथिवी काँपने लगी। उस समय ऐसा लगा कि मानो उस दानवने पुराकालीन वराहरूप धारण कर लिया है। पृथिवीके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कम्पनसे नागगण भयभीत हो-होकर पर्वतोंसे नीचे गिरने लगे। उनके विषज्वालाकुल मुखसे आगकी लपटें निकलने लगीं ॥ ३२–३७ ॥ चतुःशीर्ष, पञ्चशीर्ष, सप्तशीर्ष, सहस्रशीर्ष एवं वासुकी, तक्षक, कर्कोटक, धनञ्जय, एलापत्र, कालिय, वीर्यवान् महापद्म, हेमतालध्वज शेषनाग, अनन्त और महीपाल ये सब सदा दुष्कम्प होते हुए भी दानवेन्द्र हिरण्यकशिपुके भयसे काँप उठे। पातालमें स्थित नागतेजधर जो जल कभी विचलित नहीं होता था, वह भी क्षुब्ध हो उठा ॥ ३८–४० ॥ उस क्रुद्ध दैत्यको देखकर सभी पर्वत काँपने लगे। भागीरथी, सरयू, कौशिकी, यमुना, कावेरी, कृष्णा, वेणा, महाभागा, गोदावरी, चर्मण्वती, सुश्रोणा, नमदा, वेत्रवती, सरस्वती, मही, कालनदी, पुण्यवाहिनी तमसा, सिता, इक्षुमती और देविका प्रभृति महानदियाँ, नद-नदीपति सिन्धु, मेकलदेशमें जायमान तथा मणिसदृश स्वच्छ जलयुक्त शोण, विविधरत्न-

॥३६॥ महीधरेभ्यो नागेन्द्रा निपेतुर्भयविक्लवाः ॥ विषज्वालाकुलैर्वक्त्रैर्विमुञ्चन्तो हुताशनम् ॥ ३७ ॥ चतुःशीर्षाः पञ्चशीर्षाः सप्तशीर्षाश्च पन्नगाः ॥
वासुकिस्तक्षकश्चैव कर्कोटकधनंजयौ ॥ ३८ ॥ एलापत्रश्च कालीयो महापद्मश्च वीर्यवान् ॥ सहस्रशीर्षधृङ्नागो हेमतालध्वजः प्रभुः ॥ ३९ ॥ शेषोऽ-
नन्तो महीपालो दुष्प्रकम्पः प्रकम्पितः ॥ दीप्तान्यन्तर्जलस्थानि पृथिवीधरणानि च ॥ ४० ॥ तदा क्रुद्धेन दैत्येन कम्पितानि समन्ततः ॥ पाताल-
तलचारिण्यो नागतेजोधराः शिवाः ॥ ४१ ॥ आपश्च सहसा क्रुद्धा दुष्प्रकम्प्यरसाः शुभाः ॥ नदी भागीरथी चैव सरयूः कौशिकी तथा ॥ ४२ ॥
यमुना चैव कावेरी कृष्णा वेणा तथैव च ॥ सुवेणा च महाभागा नदी गोदावरी तथा ॥ ४३ ॥ चर्मण्वती च सिन्धुश्च तथा नदनदीपतिः ॥ मेक-
लप्रभवश्चैव शोणो मणिनिभोदकः ॥ ४४ ॥ सुश्रोणा नर्मदा चैव तथा वेत्रवती नदी ॥ गोमती गोकुलाकीर्णा तथा पूर्णा सरस्वती ॥ ४५॥ मही
कालनदी चैव तमसा पुण्यवाहिनी ॥ सिता चेक्षुमती चैव देविका च महानदी ॥ ४६ ॥ जम्बुद्वीपं रत्नवन्तं सर्वरत्नोपशोभितम् ॥ सुवर्णकूटकं
चैव सुवर्णाकरमण्डितम् ॥ ४७ ॥ महानदश्च लौहित्यः शैलकाननशोभितः ॥ पत्तनं कौशिकारण्यं द्रुमश्च रजताकरम् ॥ ४८ ॥ मागधांश्च महा-
ग्रामानंगान्वंगास्तथैव च ॥ सुह्मान्मल्लान्विदेहांश्च मालवान्काशिकोसलान् ॥ ४९ ॥ भुवनं वैनतेयस्य सुवर्णस्य च कंपितम् ॥ कैलासशिखराकारं
यत्कृतं विश्वकर्मणा ॥५०॥ रक्ततोयो भीमवेगो लौहित्यो नाम सागरः ॥ शुभः पाण्डुरमेघाभः क्षीरोदश्चैव सागरः ॥ ५१ ॥ उदयश्चैव राजेन्द्र
उच्छ्रितः शतयोजनम् ॥ सुवर्णवेदिकः श्रीमान्नागपक्षिनिषेवितः ॥५२॥ भ्राजमानोऽर्कसदृशैर्जातरूपमयैर्द्रुमैः ॥ शालैस्तालैस्तमालैश्च कर्णिकाभिश्च

विभूषित जम्बूद्वीप, सुवर्णको खानसे विभूषित सुवर्णकूट और वनों तथा पर्वतोंसे परिपूर्ण लौहित्य आदि महानद विक्षुब्ध हो उठे। कौशिक, रजताकरविशिष्ट द्रविड़, महाग्रामसम्पन्न मगध, पौण्ड्र, अङ्ग, वङ्ग, सुह्म, मल्ल, विदेह, मालव और काशी-कोसल प्रभृति सभी देश काँप उठे ॥ ४१–४९ ॥ विनतानन्दन सुपर्ण (गरुड़) का विश्वकर्मा द्वारा निर्मित भवन कैलासपर्वतके शिखर जैसा ऊँचा था। वह भी उस समय हिलने लगा ॥ ५० ॥ श्वेत मेघसदृश शुभ्रवर्ण क्षीरसागर एवं लोहितसागरका जल रक्तवर्ण होकर बड़े वेगके साथ उमड़कर बहने लगा ॥ ५१ ॥ हे महाराज ! जिस पर्वतके मध्यमें सुवर्णकी वेदियाँ बनी हुई थीं, मेघसमूह नित्य जिसकी सेवा किया करते थे, विविध प्रकारके सर्प तथा पक्षी जिसपर निवास करते थे,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जिसपर सूर्यकिरणसदृश सुवर्णमय पुष्पित शाल, ताल, तमाल और कर्णिकारके वृक्ष सदा विद्यमान रहते थे। उस शतयोजन उच्च उदयाचल एवं विविधधातुमण्डित गन्धमय तमालवृक्ष-परिपूर्ण मलय पर्वत काँपने लगा ॥ ५२–५५ ॥ सुराष्ट्र, वाह्लीक, मद्र, आभीर, भोज पाण्ड्य, अंग, बङ्ग, कलिङ्ग, ताम्रलिप्तक, आन्ध्र, पुण्ड्र, वामचूड, केरलनिवासीगण तथा देवता और अप्सरायें तक उद्विग्न हो उठीं ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ यहाँ तक कि अगस्त्यभुवन, जहाँ सर्वदा सिद्धों और चारणोंका झुण्ड विराजमान रहता था और जहाँ जनसाधारणकी पहुँच नहीं थी। जो प्रदेश बड़ा ही मनोहर था ॥ ५८ ॥ जहाँ भाँति-भाँतिकी पुष्पित लतायें तथा वृक्ष विद्यमान रहते थे, जहाँ विविध रंग और आकार-प्रकारके नाग तथा पक्षी किलोल करते थे, जहाँ सुवर्णमय शृङ्ग सदा विद्यमान रहते थे और नित्य अप्सरायें विहार किया करती थीं। अगस्त्यकी वह रमणीय अट्टालिका भी कम्पित हो उठी ॥ ५९ ॥ सूर्य और चन्द्रमाका प्रिय

पुष्पितैः ॥ ५३ ॥ भ्राजमानोऽर्कसदृशैर्जातरूपमयैः शुभैः ॥ ५४ ॥ अयोमुखश्च विपुलः पर्वतो धातुमण्डितः ॥ तमालवनगन्धश्च पर्वतो मलयः शुभः ॥५५॥ सुराष्ट्राश्च सुबाह्लीकाः शूराभीरास्तथैव च ॥ भोजाः पाण्ड्याश्च बंगाश्च कलिङ्गास्ताम्रलिप्तकाः ॥५६॥ तथैवान्ध्राश्च पुण्ड्राश्च वामचूडाः सकेरलाः ॥ क्षोभितास्तेन दैत्येन सदेवाः साप्सरोगणाः ॥५७॥ अगस्तिभुवनं चैव यदगम्यं पुरा कृतम् ॥ सिद्धचारणसङ्घैश्च सेवितं सुमनोहरम् ॥५८॥ विचित्रनागविहगं सुपुष्पितलताद्रुमम् ॥ जातरूपमयैः शृंगैरप्सरोगणसेवितम् ॥ ५९ ॥ गिरिः पुष्पितकश्चैव लक्ष्मीवान्प्रियदर्शनः ॥ उत्थितः सागरं भित्त्वा वयस्यश्चन्द्रसूर्ययोः ॥ ६० ॥ रराज सुमहाशृङ्गैर्गगनं विलिखन्निव ॥ सूर्यचन्द्रांशुसंकाशैः सागराम्बुसमावृतः ॥६१॥ विद्युत्वान्पर्वतः श्रीमानायतः शतयोजनम् ॥ विद्युतां यत्र सम्पाता निपात्यन्ते नगोत्तमे ॥ ६२ ॥ ऋषभः पर्वतश्चैव श्रीमानृषभसंस्थितः ॥ कुञ्जरः पर्वतश्चैव यत्रागस्त्यगृहं महत् ॥ ६३ ॥ विशालरथ्या दुर्धर्षा सर्पाणामालया पुरी ॥ तथा भोगवती चापि दैत्येन्द्रेणाभिकंपिता ॥ ६४ ॥ महामेघगिरिश्चैव पारियात्रश्च पर्वतः ॥ चक्रवांश्च गिरिः श्रेष्ठो वाराहश्चैव पर्वतः ॥६५॥ प्राग्ज्योतिषपुरं चैव जातरूपमयं शुभम् ॥ यस्मिन्वसति दुष्टात्मा नरको नाम दानवः ॥६६॥ मेरुश्च पर्वतश्रेष्ठो मेघगम्भीरनिःस्वनः ॥ षष्टिं तत्र सहस्राणि पर्वतानां विशांपते ॥६७॥ तरुणादित्यसंकाशो महेन्द्रश्च महागिरिः ॥ देवावासः शुभः पुण्यो गिरिराजो हिरण्मयः ॥६८॥ हेमशृङ्गो महाशैलस्तथा मेघसखो गिरिः ॥ कैलासश्चापि दुष्कम्पो दानवेंद्रेण कंपितः ॥ ६९ ॥

मित्र, अति रमणीक तथा परम सुन्दर पर्वत पुष्पितक भी जब समुद्रका भेदन करके ऊपर उठ आया, तब उसका समस्त अङ्ग समुद्रके जलसे भींगा हुआ था ॥ ६० ॥ उसके अत्युन्नत और सूर्य-चन्द्रसदृश देदीप्यमान शिखरोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो वह समस्त गगनमण्डलको विदीर्ण कर देनेके लिए उद्यत है ॥६१॥ विद्युत्वान् पर्वतका विस्तार सौ योजनका है। उसपर सदा विद्युल्लतायें गिरती रहती थीं ॥ ६२ ॥ अतिशय सुन्दर ऋषभ पर्वत, जहाँ वृषभगण सदा विद्यमान रहते थे। कुञ्जरपर्वत, जहाँ महामुनि अगस्त्यका आश्रम विद्यमान था ॥ ६३ ॥ जिसमें खूब लम्बी-चौड़ी सड़कें विद्यमान थीं और जो सबके लिए अगम्य थीं, वह सर्पोंकी भोगपुरी भी दैत्यराज हिरण्यकशिपुके कोपसे काँप उठी ॥ ६४ ॥ महामेघगिरि, पारियात्र पर्वत, चक्रवान् पर्वत, वराहपर्वत, स्वर्णमय प्राग्ज्योतिषपुर, जहाँ दुष्टात्मा नरकासुर निवास करता था ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ नवोदित सूर्यसदृश महागिरि सुमेरु, जहाँ देवगण नित्य

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विराजमान रहते थे। महापर्वत हेमश्रृङ्गगिरि, मेघसख पर्वत और जहाँ यक्ष-राक्षस और गन्धर्व नित्य निवास करते थे, जिसके वृक्ष सदा पुष्पोंसे शोभित रहते थे, अतएव जिसकी अपार शोभा रहा करती थी, वह दुष्प्रकम्प कैलास पर्वत भी दैत्येन्द्र हिरण्यकशिपुके कोपसे काँपने लगा॥ ६७–७०॥ स्वर्णिम कमलपुष्पसम्पन्न वैखानस सर एवं राजहंससेवित मानसरोवर भी काँपने लगा॥ ७१॥ विश्रृङ्ग पर्वत, नदीश्रेष्ठ कुमारी, जो सदा हिमाच्छादित रहता है वह मन्दरपर्वत, उशीरबीजगिरि, महेश्वराधिष्ठित हिमालय, प्रजापतिका निवासस्थान पुष्कर-गिरि, देवावृत् पर्वत, वालुकगिरि, सप्तर्षिशैल और धूमपर्वत ये सब तथा इनके अतिरिक्त अन्यान्य पर्वत, देश तथा जनपद काँप उठे॥ ७२–७५॥ महीपुत्र कपिल, व्याघ्राक्ष, पातालवासी निशापुत्र खेचरगण, अङ्कुशास्त्रधारी भयंकर वेगवान् ऊर्ध्वगामी मेघनामक रुद्रगण भी उस महादैत्यके कोपसे काँपने लगे॥ ७६॥ ७७॥ इति श्रीमहाभारते भविष्यपर्वणि

यक्षराक्षसगन्धर्वैर्नित्यं सेवितकन्दरः॥ श्रीमान्मनोहरश्चैव नित्यं पुष्पितपादपः॥ ७०॥ हेमपुष्करसंछन्नं तेन वैखानसं सरः॥ कंपितं मानसं चैव राजहंसैर्निषेवितम्॥ ७१॥ विश्रृंगः पर्वतश्चैव कुमारी च सरिद्वरा॥ तुषारचयसंकाशो मंदरश्चैव पर्वतः॥७२॥ उशीरबीजश्च गिरी रुद्रोपस्थ-स्तथाद्रिराट्॥ प्रजापतेश्च निलयस्तथा पुष्करपर्वतः॥ ७३॥ देवावृत्पर्वतश्चैव तथा वै वालुको गिरिः॥ क्रौञ्चः सप्तर्षिशैलश्च धूमवर्णश्च पर्वतः॥ ७४॥ एते चान्ये च गिरयो देशा जनपदास्तथा॥ नद्यश्च सागराश्चैव दानवेंद्रेण कंपिताः॥ ७५॥ कपिलश्च महीपुत्रो व्याघ्राक्षश्चैव कंपितः॥ खेचराश्च निशापुत्राः पातालतलवासिनः॥ ७६॥ गणास्तथाऽपरे रौद्रा मेघनादांकुशायुधाः॥ ऊर्ध्वगो भीमवेगश्च सर्व एवाभिकंपिताः॥ ७७॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहे चरिते षट्चत्वारिंशोऽध्यायः॥ ४६॥

वैशम्पायन उवाच॥ तत्रादित्याश्च साध्याश्च वसवो मरुतस्तथा॥ रुद्रा देवा महात्मानो विश्वेदेवा महाबलाः॥ १॥ आगम्य ते मृगेन्द्रस्य सकाशं सूर्यवर्चसः॥ ऊचुः संत्रस्तमनसो देवा लोकक्षयार्दिताः॥ २॥ जहि देव दितेः पुत्रं दानवं लोकनाशनम्॥ दुर्वृत्तमसदाकारं सह सर्वै-र्महासुरैः॥ ३॥ त्वं ह्येषामन्तकृन्नान्यो दैत्यानां दैत्यनाशन॥ तन्नाशय हितार्थाय लोकानां स्वस्ति वै कुरु॥ ४॥ त्वं गुरुः सर्वलोकानां त्वमि-

पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्चत्वारिंशोऽध्यायः॥ ४६॥

(हिरण्यकशिपुका वध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उस समय आदित्य, साध्य, वसु, मरुत्, रुद्र आदि महात्मा देवगण और महाबली विश्वेदेवगण सबलोग सम्मिलित होकर सूर्यके समान तेजस्वी नृसिंहदेवके पास जा पहुँचे। उनमें लोकविनाशसे दुखी देवताओंने नितान्त त्रस्त होकर नृसिंहभगवानको सम्बोधित करके कहा—॥ १॥ २॥ हे देव! लोकक्षयके मूलकारण, दुराचारी और दुष्ट हिरण्यकशिपुका अन्यान्य दैत्योंके साथ समूल नाश कर दीजिए॥३॥ हे दैत्यनाशन! आपके सिवाय इन्हें नष्ट करनेमें और कोई समर्थ नहीं हो सकता। अतएव लोककल्याणार्थ आप शीघ्र इसका विनाश कर दें॥ ४॥ आप सब प्राणियोंके गुरु, इन्द्र और पितामह हैं। आपके सिवाय इनके लिए कोई अन्य सहायक न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कभी हुआ है और न भविष्यमें ही होगा ॥५॥ देवादिदेव भगवान नृसिंहने उन देवताओंके वचन सुनकर गम्भीर स्वरमें घोरतर सिंहनाद करते हुए गर्जन किया ॥६॥ उनके सिंहनादसे बड़े-बड़े दैत्योंके हृदय विदीर्ण हो गये ॥७॥ उसी समय क्रोधवश, कालकेय, वेग, वैंगलेय, सैंहिकेय, संह्रादीय, महानदी, महावेग, महीपुत्र कपिल, व्याघ्राक्ष, क्षितिकम्पन, पातालचारी निशापुत्र खेचरगण, अंकुशधारी, भयंकरस्वरूप, भीषण वेगवान्, भयंकरकर्मा तथा ऊर्ध्वगामी अन्यान्य गण एवं मेघके समान वेग, गर्जन, दीप्ति एवं रूप धारण करनेवाला वज्र तथा शूलसे दृप्त दानव हिरण्यकशिपु नृसिंह भगवानकी ओर दौड़ा। उस समय नृसिंहभगवान छलाँग मारकर ऊपर उछल गये और एकमात्र ओंकारकी सहायतासे अपने भीषण नखाघात द्वारा दैत्यराज हिरण्यकशिपुको विदीर्ण करके सदाके लिए समाप्त कर दिया ॥८–१४॥ इस प्रकार उस दैत्यपतिके नष्ट हो जानेपर पृथिवीवासी सब लोग, आकाश, आकाशनिवासी

न्द्रस्त्वं पितामहः ॥ ऋते त्वदन्यच्छरणं न भूतं न भविष्यति ॥ ५ ॥ तच्छ्रुत्वा वचनं देवो देवानामादिसंभवः ॥ ननाद सुमहानादमतिगम्भीरनिः-स्वनम् ॥६॥ पाटितान्यसुरेन्द्राणां मृगेन्द्रेण महात्मना ॥ सिंहनादेन महता हृदयानि मनांसि च ॥७॥ गणः क्रोधवशो नाम कालकेयस्तथाऽपरः ॥ वेगश्च वैगलेयश्च सैंहिकेयश्च वीर्यवान् ॥ ८ ॥ संह्रादीयो महानादो महावेगस्तथाऽपरः ॥ कपिलश्च महीपुत्रो व्याघ्राक्षः क्षितिकम्पनः ॥ ९ ॥ खेचराश्च निशापुत्राः पातालतलचारिणः ॥ गणस्तथाऽपरो रौद्रो मेघनादोऽङ्कुशायुधः ॥१०॥ ऊर्ध्वगो भीमवेगश्च भीमकर्माऽर्कलोचनः ॥ वज्री शूली करालश्च हिरण्यकशिपुस्ततः ॥११॥ जीमूतघनसंकाशो जीमूत इव वेगवान् ॥ जीमूतघनसंनादो जीमूतसदृशद्युतिः ॥१२॥ देवारिर्दितिजो दृप्तो नृसिंहं समुपाद्रवत् ॥ समुत्पत्य ततस्तीक्ष्णैर्मृगेन्द्रेण महानखैः ॥१३॥ तत्रोङ्कारसहायेन विदार्य निहतो युधि ॥ १४ ॥ मही च लोकाश्च शशी नभश्च ग्रहाश्च सूर्याश्च दिशश्च सर्वाः ॥ नद्यश्च शैलाश्च महार्णवाश्च गताः प्रकाशं दितिपुत्रनाशात् ॥१५॥ ततः प्रमुदिता देवा ऋषयश्च तपोधनाः ॥ तुष्टुवुर्विविधैः स्तोत्रैरादिदेवं सनातनम् ॥ १६ ॥ देवा ऊचुः ॥ यत्त्वया विहितं देव नारसिंहमिदं वपुः ॥ एतदेवार्चयिष्यन्ति परावरविदो जनाः ॥ मृगेन्द्रत्वं च लोकेषु सर्वसत्त्वेषु वा विभो ॥१७॥ गायन्ति त्वां च मुनयो मृगेन्द्र इति नित्यशः ॥ त्वत्प्रसादात्स्वकं स्थानं प्रतिपन्नाः स्म वै विभो ॥ १८ ॥ एवमुक्तो देवसंघैर्नरसिंहो महामनाः ॥ ब्रह्मा च परमप्रीतो विष्णोः स्तोत्रमुदैरयत् ॥ १९ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ भवानक्षरमव्यक्तमचिन्त्यं

जीव, सूर्य, चन्द्रमा, दसों दिशायें, नदी, पर्वत और समुद्र, इन सबको अपार हर्ष हुआ ॥१५॥ तदनन्तर देवता, ऋषि और तपस्विगण अत्यधिक आनन्दित होकर उन देवादिदेव सनातन नारायण नृसिंहभगवानकी स्तुति करने लगे ॥१६॥ देवता बोले—हे देव ! आपने जो यह नृसिंहरूप धारण किया है, तत्त्वदर्शी लोग सदा इस स्वरूपकी अर्चना करेंगे। मुनिगण, समस्त लोक और समस्त जीवोंमें आपकी यह नृसिंहमूर्ति विख्यात हो जायगी। संसारभरके मुनिजन नित्य आपके गुण गायेंगे। हे विभो ! आपकी अपार अनुकम्पासे ही हमको अपना-अपना पद पुनः प्राप्त हो सका है ॥ १७ ॥ १८ ॥ जब देवता नृसिंह भगवानकी इस प्रकार स्तुति करके शान्त हो गये, तब परम परितुष्ट ब्रह्माजी महात्मा नृसिंहदेवकी स्तुति करते हुए कहने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगे— हे देव ! आप अक्षर, अव्यक्त, अचिन्त्य, परम गुह्य, सूक्ष्म, सनातन, निर्दोष और महापुरुष हैं ॥ १९ ॥ २० ॥ सांख्ययोगमें जिस प्रकार आपके तत्त्वका निरूपण हुआ है, वह तत्त्व एकमात्र आप ही हैं। आप मायामय, शाश्वत, सूक्ष्म और स्थूल पुरुष हैं। आपसे ही यह समस्त जगत्प्रपञ्च उत्पन्न हुआ है ॥ २१ ॥ आप व्यक्त तथा अव्यक्त पुरुष हैं। आपसे ही समस्त संसारकी उत्पत्ति हुई है। हे देव ! हम आपमें तन्मय हो गये हैं। आप हमारे आत्मा और हमारे प्रभु हैं ॥ २२ ॥ आप चार स्वरूपोंमें विभक्त हैं। आप ही समस्त लोकोंके प्रभु और आप ही चारों युगोंके कर्ता हैं। यमराज जैसे सब प्राणियोंका नाश करते हैं, उसी प्रकार आप भी सब लोकोंका अन्त करते हैं ॥ २३ ॥ आपके द्वारा ही सब लोकोंको प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। आपके बल और पौरुषकी कोई सीमा नहीं है। कपिल आदि यतियोंके एकमात्र आप ही आश्रय और परम गति हैं ॥२४॥ आपका आदि, मध्य और अन्त

गुह्यमुत्तमम् ॥ कूटस्थमकृतं कर्तृ सनातनमनामयम् ॥ २० ॥ सांख्ययोगे च या बुद्धिस्तत्त्वार्थपरिनिष्ठिता ॥ भगवान्वेद विद्यात्मा पुरुषः शाश्वतो ध्रुवः ॥ २१ ॥ त्वं व्यक्तश्च तथाऽव्यक्तस्त्वत्तः सर्वमिदं जगत् ॥ भवन्मया वयं देव भवानात्मा भवान्प्रभुः ॥ २२ ॥ चतुर्विभक्तमूर्तिस्त्वं सर्वलोकविभुर्गुरुः ॥ चतुर्युगसहस्रेण सर्वलोकान्तकान्तकः ॥ २३ ॥ प्रतिष्ठा सर्वभूतानामनन्तबलपौरुषः ॥ कपिलप्रभृतीनां च यतीनां परमा गतिः ॥ २४ ॥ अनादिमध्यनिधनः सर्वात्मा पुरुषोत्तमः ॥ स्रष्टा त्वं त्वं च संहर्ता त्वमेको लोकभावनः ॥ २५ ॥ भवान्ब्रह्मा च रुद्रश्च महेन्द्रो वरुणो यमः ॥ भवान्कर्ता विकर्ता च लोकानां प्रभुरव्ययः ॥ २६ ॥ परां च सिद्धिं परमं च देवं परं च मन्त्रं परमं मनश्च ॥ परं च धर्मं परमं यशश्च त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ २७ ॥ परं च सत्यं परमं हविश्च परं पवित्रं परमं च मार्गम् ॥ परं च यज्ञं परमं च होत्रं त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ २८ ॥ परं शरीरं परमं च धाम परं च योगं परमां च वाणीम् ॥ परमं रहस्यं परमां गतिं च त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ २९ ॥ परं परस्यापि परं च यत्परं परं परस्यापि परं च देवम् ॥ परं परस्यापि परं प्रभुं च त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ ३० ॥ परं परस्यापि परं प्रधानं परं परस्यापि परं च तत्त्वम् ॥ परं परस्यापि परं च धाता त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ ३१ ॥ परं परस्यापि परं रहस्यं परं परस्यापि परं परं यत् ॥ परं परस्यापि परं तपो यत्त्वामा-

कुछ भी नहीं है। आप सब प्राणियोंके आत्मास्वरूप पुरुषोत्तम हैं। आपके द्वारा ही सब लोकोंकी सृष्टि, पालन और संहार होता है ॥ २५ ॥ आप ही ब्रह्मा, शिव, इन्द्र, वरुण, यम, कर्ता, विकर्ता और अविनाशी प्रभु हैं ॥ २६ ॥ आप ही परा सिद्धि, परम देवता, परम मन्त्र, मन, परम धर्म, परम यश एवं आप ही सर्वश्रेष्ठ पुरातन पुरुष हैं ॥ २७ ॥ आप परम सत्य, परम हवि, परम पवित्र, परम मार्ग, परम यज्ञ, परम होत्र और आप ही सर्वश्रेष्ठ परम पुरातन पुरुष हैं ॥ २८ ॥ आप परम शरीर, परम धाम, परम योग, परम वाणी, परम रहस्य, परम गति एवं आप ही सर्वश्रेष्ठ पुरातन पुरुष हैं ॥२९॥ आप परात्पर, परम पद, परम पदसे भी उत्कृष्ट, परम तत्त्व और परम तत्त्वसे भी उत्कृष्ट हैं। आपसे श्रेष्ठ प्रभु दूसरा और कोई नहीं है। अतएव एकमात्र आप ही सर्वश्रेष्ठ पुराण पुरुष हैं ॥३०॥ आप श्रेष्ठसे भी श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतरसे भी श्रेष्ठ, परम तत्त्व और परम धाता हैं। अतएव विज्ञजन आपको ही सर्वश्रेष्ठ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुरातन पुरुष कहते हैं ॥ ३१ ॥ आप परात्पर, परम रहस्य और सर्वश्रेष्ठ हैं। इसीलिये लोग आपको सर्वश्रेष्ठ पुरातन पुरुष कहते हैं ॥ ३२ ॥ आप परसे पर, परम परायण, परम गुह्य और परम धाम हैं। आप परम योग और परम प्रभु हैं। इसी कारण विज्ञजन आपको सर्वश्रेष्ठ पुराणपुरुष कहते हैं ॥ ३३ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! लोकपितामह ब्रह्मा नृसिंहभगवानकी इस प्रकार स्तुति करके ब्रह्मलोक चले गये ॥३४॥ तब सहसा तुड़हियाँ बजने लगीं और अप्सरायें नाचने लगीं। उसी समय सर्वेश्वर भगवान गरुडध्वज, जिनका प्रकृति-तत्त्व नितान्त दुर्बोध था, वे नारायण अपना नृसिंहरूप त्याग और पूर्वरूप धारण करके अति भास्वर, अष्टचक्रयुक्त तथा विभूतिसम्पन्न वाहनपर आरूढ़ होकर क्षीरसागरके उत्तरी तटपर स्थित अपने निवासस्थानको चले गये ॥ ३५–३७ ॥ हे महाराज! पूर्वकालमें विष्णु भगवानने ही इस प्रकार नृसिंहरूप धारण करके देवरिपु हिरण्यकशिपुका वध किया था ॥ ३८ ॥

हुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ ३२ ॥ परं परस्यापि परं परायणं परं च गुह्यं च परं च धाम ॥ परं च योगं परमं प्रभुत्वं त्वामाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम् ॥ ३३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्त्वा स भगवान्सर्वलोकपितामहः ॥ स्तुत्वा नारायणं देवं ब्रह्मलोकं गतः प्रभुः ॥ ३४ ॥ ततो नदत्सु तूर्येषु नृत्यन्तीष्वप्सरःसु च ॥ क्षीरोदस्योत्तरं कूलं जगाम प्रभुरीश्वरः ॥ ३५ ॥ नारसिंहीं तनुं त्यक्त्वा स्थापयित्वा च तद्वपुः ॥ पौराणं रूपमास्थाय ययौ स गरुडध्वजः ॥३६॥ अष्टचक्रेण यानेन भूतियुक्तेन शोभिना ॥ अव्यक्तः प्रकृतिर्देवः संस्थानमगमत्प्रभुः ॥३७॥ एवं महात्मना तेन नृसिंह-वपुषा तदा ॥ देवेन निहतः पूर्वं हिरण्यकशिपुश्च सः ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि नारसिंहप्रादुर्भावे हिरण्यकशिपु-वधकथनं नाम सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ नृसिंह एषः कथितो भूयोऽयं वामनोऽपरः ॥ यत्र वामनमास्थाय रूपं रूपविदां वरः ॥ १ ॥ बलेर्बलवतो यज्ञे बलिना विष्णुना पुरा ॥ विक्रमैस्त्रिभिराक्रम्य त्रैलोक्यमखिलं हृतम् ॥ २ ॥ समुद्रवसना चोर्वी नानानगविभूषिता ॥ हृत्वा दत्ता सुरेन्द्राय शक्राय प्रभविष्णुना ॥ ३ ॥ जनमेजय उवाच ॥ अत्र मे संशयो ब्रह्मन्नत्र कौतूहलं महत् ॥ कथं नारायणो देवो वामनत्वमुपागतः ॥४॥ यः पुराणे पुराणात्मा भूत्वा नारायणः प्रभुः ॥ पद्मनाभो महाबाहुर्लोकानां प्रकृतिर्ध्रुवम् ॥ ५॥ अनादिमध्यनिधनस्त्रैलोक्यादिः सनातनः ॥ देवदेवः सुराध्यक्षः कृष्णो

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४७ ॥

(हिरण्यकशिपुके पदपर बलिका अभिषेक) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! यह मैंने विष्णुभगवानके नृसिंहावतारकी कथा सुनायी। अब मैं आपको वह आख्यान सुना रहा हूँ कि जिसमें उन्होंने वामनरूप धारण करके केवल तीन पगमें राजा बलिसे समस्त त्रिलोकीका राज्य नापकर देवराज इन्द्रको लौटा दिया था। आप ध्यान देकर सुनिए ॥ १–३ ॥ राजा जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन्! इस विषयमें मुझे बड़ा संशय और कुतूहल दोनों है। उन सर्वसमर्थ भगवानने इस प्रकार वामनरूप क्यों धारण किया? ॥ ४ ॥ जो पुराणात्मा, महाबाहु और समस्त प्राणियोंकी नित्यसिद्ध प्रकृति हैं। जिनका आदि, अन्त और मध्य कुछ भी नहीं है। जो निखिल त्रिलोकीके आदि, सनातन देव और देवताओंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अधिनायक हैं। जिन्हें तीनों लोकोंके प्राणी नमस्कार करते हैं। जो हव्य-कव्य वहन करते हैं। या यों कहिए कि जो स्वयं हव्य-कव्यका भोग करते हैं, उन महाप्रभुने देवमाता अदितिके गर्भसे कैसे जन्म लिया और कैसे वामन बने ? जो इन्द्रके भी जनक थे, वे सर्वसमर्थ भगवान उन्हीं इन्द्रके अनुज (छोटे भाई) क्यों बने ? ॥ ५–७ ॥ हे भगवन् ! वे देवदेव भगवान वामन कैसे बने ? आप उन महात्माके जन्मका सब वृत्तान्त विस्तारसे बताइए ॥ ८ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! पुरातन कवियों, ब्रह्माजी, ब्राह्मणगण एवं श्रेष्ठतम ऋषियोंने जो दिव्य कथा कही है, मैं भी वह अपूर्व कथा कह रहा हूँ, सुनिए ॥ ९ ॥ हे जनमेजय ! देवेश्वर मरीचिपुत्र प्रजापति कश्यपकी पत्नियाँ दोनों बहनें दिति और अदिति थीं ॥ १० ॥ उनमें अदितिके गर्भसे धाता, अर्यमा, मित्र, वरुण, अंश, भग, इन्द्र, विवस्वान्, पूषा, पर्जन्य, त्वष्टा और विष्णु ये बारह पुत्र उत्पन्न हुए। कश्यपपत्नी दितिके गर्भसे बलवान्

लोकनमस्कृतः ॥ ६ ॥ हव्यकव्यवहः श्रीमान्हव्यकव्यभुगव्ययः ॥ अदित्या देवमातुश्च कथं गर्भेऽभवत्प्रभुः ॥ स्रष्टा यो वासवस्यापि स कथं वासवानुजः ॥ ७ ॥ प्रसूतो देवदेवेशो विष्णुत्वं प्राप्तवान्कथम् ॥ एतदाचक्ष्व मे विप्र प्रादुर्भावं महात्मनः ॥ ८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु राजन्कथां दिव्यामर्चितामृषिपुङ्गवैः ॥ पुराणैः कविभिः प्रोक्तां ब्रह्मोक्तां ब्राह्मणैरिताम् ॥ ९ ॥ मारीचस्य सुरेशस्य कश्यपस्य प्रजापतेः ॥ अदितिर्दितिर्द्वे भार्ये भगिन्यौ जनमेजय ॥ १० ॥ अदित्यां जज्ञिरे देवाः कश्यपस्य महात्मनः ॥ धाताऽर्यमा च मित्रश्च वरुणोंऽशो भगस्तथा ॥ ११ ॥ इन्द्रो विवस्वान्पूषा च पर्जन्यो दशमस्तथा ॥ तथैकादशमस्त्वष्टा द्वादशो विष्णुरुच्यते ॥ १२ ॥ दित्यां जातो हि बलवान्हिरण्यकशिपुः प्रभुः ॥ तस्यानुजश्च दैत्येन्द्रो हिरण्याक्षः प्रतापवान् ॥ १३ ॥ हिरण्यकशिपोः पुत्राः पञ्च घोरपराक्रमाः ॥ प्रह्लादश्चानुह्लादश्च जम्भः संह्लाद एव च ॥ १४ ॥ विरोचनश्च प्राह्लादिस्तस्य पुत्रो बलिः स्मृतः ॥ पुत्रपौत्रं च बलवत्तेषामक्षयमव्ययम् ॥ १५ ॥ तेजस्विनां सुरारीणां दैत्येन्द्राणां मनस्विनाम् ॥ गणाः सुबहुशो राजन्देशे देशे सहस्रशः ॥ १६ ॥ ते दृष्ट्वा नारसिंहेन हिरण्यकशिपुं हतम् ॥ दैत्या देववधार्थाय बलिमिन्द्रं प्रचक्रिरे ॥ १७ ॥ दृष्ट्वा धर्मपरं नित्यं सत्यवाक्यं जितेन्द्रियम् ॥ शौर्याध्ययनसम्पन्नं सर्वज्ञानविशारदम् ॥ १८ ॥ परावरगृहीतार्थं तत्त्वदर्शिनमव्ययम् ॥ तेजस्विनं सुररिपुं हिरण्यकशिपुं यथा ॥ १९ ॥ अभिषेकेण दिव्येन बलिं वैरोचनिं तथा ॥ दैत्याधिपत्ये दितिजास्तथा सर्वेऽभ्यपूजयन् ॥ २० ॥ अभिषिक्तस्तदा दैत्यैर्ब-

हिरण्यकशिपु और उसका अनुज महाबली तथा परम पराक्रमी हिरण्याक्ष ये दो पुत्र जायमान हुए ॥ ११–१३ ॥ हिरण्यकशिपुके प्रह्लाद, ह्लाद, संह्लाद, जम्भ और अनुह्लाद ये पाँच घोर पराक्रमी पुत्र थे। उनमेंसे प्रह्लादका पुत्र विरोचन और विरोचनका पुत्र बलि हुआ। आगे चलकर पुत्र-पौत्रादिके क्रमसे उनका वंश विशेष जाज्वल्यमान हो उठा ॥ १४ ॥ १५ ॥ स्थान-स्थानपर उन महातेजस्वी और महात्मा दैत्योंके कितने पुत्र-पौत्रादि हुए, उनकी संख्या नहीं बतायी जा सकती ॥ १६ ॥ भगवान नृसिंहदेवके हाथों हिरण्यकशिपुके निधनका समाचार सुनकर उन दैत्योंने देवताओंका वध करनेके लिए विरोचनतनय बलिको ही राजपदपर प्रतिष्ठित करनेका निश्चय किया ॥ १७ ॥ क्योंकि बलि हिरण्यकशिपुके समान ही धर्मात्मा, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, वीर, विद्वान्, सर्वज्ञानविशारद, भूत-भविष्यकी बातोंका अभिज्ञ, तत्त्वदर्शी, तेजस्वी, शौर्य-वीर्य तथा सर्वज्ञता आदि गुणोंसे सम्पन्न था ॥ १८ । १९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलिको सब उच्च गुणोंसे विभूषित देखकर दैत्योंने उसे अपने अधिपतिपदपर अभिषिक्त कर दिया ॥ २० ॥ ब्रह्माजीने भी परम प्रसन्न होकर बलवान् बलिको हिरण्यकशिपुके पदपर नियुक्त किया ॥ २१ ॥ उसका अभिषेक करनेके लिए सब तीर्थोंके जलसे परिपूर्ण स्वर्णकलश जुटाये गये थे और उन्हींसे उसका अभिषेक हुआ ॥ २२ ॥ असाधारण वीर बलिके सिंहासनासीन होनेपर परम प्रसन्न होकर दैत्योंने राजा बलिका जयजयकार किया ॥ २३ ॥ इस प्रकार उस अतुल पराक्रमी बलिके अभिषिक्त हो जानेपर दानवोंने पृथिवीपर मस्तक टेककर प्रणाम करते हुए कहा—हे दैत्येन्द्र ! इस स्थावर-जंगमात्मक त्रिलोकीके राज्यपर आपके पितामह हिरण्यकशिपुका जैसा प्रभुत्व था, वह आपसे छिपा नहीं है ॥ २४ ॥ २५ ॥ बीचमें देवताओंने आपके पितामहका वध करके उनके त्रैलोक्य-राज्यपर इन्द्रका अभिषेक कर दिया था ॥ २६ ॥ अतएव अब हमारी यही कामना है कि आप वह पैतृक राज्य पुनः

लिर्बलवतां वरः ॥ ब्रह्मणा चैव तुष्टेन हिरण्यकशिपोः पदे ॥ २१ ॥ अभिषिक्तोऽसुरगणैर्बलिर्वैरोचनिस्तदा ॥ काञ्चनैः कलशैः स्फीतैः सर्वतीर्थाम्बुसंवृतैः ॥ २२ ॥ जयशब्दं ततश्चक्रुरभिषिक्तस्य दानवाः ॥ बलेरतुलवीर्यस्य सिंहासनगतस्य वै ॥ २३ ॥ कृत्वेन्द्रं दानवाः सर्वे बलिं बलवतां वरम् ॥ ततो विज्ञापयामासुः शिरोभिः पतिताः क्षितौ ॥ २४ ॥ दैत्या ऊचुः ॥ विदितं तव दैत्येन्द्र हिरण्यकशिपोर्यथा ॥ त्रैलोक्यमासीदखिलं जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥२५॥ पितामहं तु हत्वा ते सुरेश्वरनिषूदन ॥ हृतं तदेतत् त्रैलोक्यं शक्रश्चैवाभिषेचितः ॥२६॥ तत्पितामहराज्यं त्वं प्रत्याहर्तुमिहार्हसि ॥ अस्माभिः सहितो नाथ त्रैलोक्यमिदमव्ययम् ॥ २७ ॥ प्रत्यानयस्व भद्रं ते राज्यं पैतामहं प्रभो ॥२८॥ असुरगणसहस्रसंवृतस्त्वं जय दिवि देवगणान्महानुभावान् ॥ अमितबलपराक्रमोऽसि राजन्नतिशयसे स्वगुणैः पितामहं स्वम् ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामने बलेरभिषेको नाम अष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ निशम्य तेषां वचनं महामतिर्बलिस्तदा प्रीतमना महाबलः ॥ आज्ञापयामास स दैत्यकोटिं त्रैलोक्यमद्यैव जयाम सर्वम् ॥ १ ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा बलेर्वैरोचनस्य तु ॥ उद्योगं परमं चक्रुर्दानवा युद्धदुर्मदाः ॥ २ ॥ महापद्मो निकुम्भश्च कुम्भकर्णश्च वीर्यवान् ॥

हस्तगत करके उसपर शासन करें ॥ २७ ॥ २८ ॥ हम हजारों दैत्य सदाके आपके सहायक हैं । आप स्वयं अपरिमित बलवान् हैं । अतएव आप एक साथ उन सभी महानुभाव देवताओं तथा इन्द्रको पराजित करके अपने असाधारण गुणसे पितामह हिरण्यकशिपुके पदकी रक्षा करिए । क्योंकि आप गुणमें उनसे किसी तरह कम नहीं हैं ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४८ ॥

(मय दानवकी विजययात्रा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महामति, महाबली और परम पराक्रमी बलि उन रणदुर्मद दैत्योंके वचन सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ । तत्काल उसने उन करोड़ों दैत्योंको आदेश दिया कि अभी सब दैत्य तैयार हो जायँ । मैं शीघ्र समस्त त्रिलोकीके राज्यपर विजय प्राप्त करूँगा ॥ १ ॥ रणदुर्मद दैत्यगण विरोचनतनय बलिके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आदेशानुसार युद्धोद्योगमें लग गये ॥ २ ॥ बलवान् महापद्म, निकुम्भ, कुम्भकर्ण, काञ्चनाक्ष, कपिस्कन्ध, मैनाक, क्षितिकम्पन, शितिकेश, ऊर्ध्ववक्त्र, वज्रनाभ, शिखी, जटी, सहस्रबाहु, व्याघ्राक्ष, प्रियदर्शन, एकाक्ष, एकपाद, मुण्ड, विद्युद्दक्ष, चतुर्भुज, गजोदर, गजशिरा, गजस्कन्ध, गजेक्षण, अष्टदंष्ट्र, चतुर्वक्त्र, मेघनादी, जलन्धर, कराल, ज्वालजिह्वास्य, शताङ्ग, शतलोचन, सहस्रपाद, सुमुख, महासुर कृष्ण, रणोत्कट, दानपति, शैलकम्पी, कुलाकुलि, समुद्र, रभस, चण्ड, धूम्र, प्रियंकर, गोत्रज, गोखुर, रौद्र, गोदन्त, स्वस्तिक, ध्रुव, मांसल, मांसभक्ष, वेगवान् केतुमान्, शिवि, पङ्कदिग्धकलेवर, बृहत्कीर्ति, महाहनु, समप्रभ, विकुम्भाण्ड, विरूपाक्ष, महोदर, श्वेतशीर्ष, चन्द्रहनु, चन्द्रहा, चन्द्रतापन, विक्षर, दीर्घबाहु, मद्यप, मारुताशन, तालजंघ, महाभाग सरभ, शलभ, क्रथ, समुद्रमथन, नादी, वितन, प्रलम्ब, नरक, व्याली, धेनुक, काललोचन, वरिष्ठ, गरिष्ठ, भूतलोमा, विधु, दुष्प्रसाद, किरीटी, सूचीवक्त्र, सुबाहु, कञ्जबाहु,

काञ्चनाक्षः कपिस्कन्धो मैनाकः क्षितिकम्पनः ॥ ३ ॥ शितकेशोर्ध्ववक्त्रश्च वज्रनाभः शिखी जटी ॥ सहस्रबाहुर्विकटो व्याघ्राक्षः प्रियदर्शनः ॥ ४ ॥
एकाक्ष एकपान्मुण्डो विद्युदक्षश्चतुर्भुजः ॥ गजोदरो गजशिरा गजस्कन्धो गजेक्षणः ॥ ५ ॥ अष्टदंष्ट्रश्चतुर्वक्त्रो मेघनादी जलंधरः ॥ करालो
ज्वालजिह्वास्यः शताङ्गः शतलोचनः ॥ ६ ॥ सहस्रपादः सुमुखः कृष्णश्चैव महासुरः ॥ रणोत्कटो दानपतिः शैलकम्पी कुलाकुलिः ॥ ७ ॥ समुद्रो
रभसश्चण्डो धूम्रश्चैव महासुरः ॥ गोत्रजो गोक्षुरो रौद्रो गोदन्तः स्वस्तिको ध्रुवः ॥ ८ ॥ मांसलो मांसभक्षश्च वेगवान्केतुमाञ्छिबिः ॥ पङ्कदिग्ध-
शरीरश्च बृहत्कीर्तिर्महाहनुः ॥ ९ ॥ समप्रभो विकुम्भाण्डो विरूपाक्षो महोदरः ॥ श्वेतशीर्षश्चन्द्रहनुश्चन्द्रहा चन्द्रतापनः ॥ १० ॥ विक्षरो दीर्घबाहुश्च
मद्यपो मारुताशनः ॥ तालजंघो महाभागः सरभः शलभः क्रथः ॥ ११ ॥ समुद्रमथनो नादी विततश्च महाबलः ॥ प्रलम्बो नरको व्याली धेनुकः
काललोचनः ॥ १२ ॥ वरिष्ठश्च गरिष्ठश्च भूतलोमा तथा विधुः ॥ दुष्प्रसादः किरीटी च सूचीवक्त्रो महासुरः ॥ १३ ॥ सुबाहुः कञ्जबाहुश्च करणः
कलशोदरः ॥ सोमपो देवयाजी च प्रवरो वीरमर्दनः ॥ १४ ॥ सुपथः खण्डमुक्तिश्च शिखिनेत्रः शिखिध्वजः ॥ यथास्मृति मया प्रोक्ता मरीचेः
कीर्तिवर्धनाः ॥ १५ ॥ एते चान्ये च बहवो नानाभूषणभूषिताः ॥ रथौघैर्बहुसाहस्रैर्ययुर्योद्धुमरिन्दमाः ॥ १६ ॥ दिव्याम्बरधरा दैत्या दिव्यमा-
ल्यानुलेपनाः ॥ दिव्यैश्च कवचैर्नद्धा दिव्यैश्चैवोच्छ्रितैर्ध्वजैः ॥ १७ ॥ दिव्यायुधधरा दैत्या गर्जमाना यथाम्बुदाः ॥ बृहद्भी रथघोषैश्च चालयन्तो
वसुन्धराम् ॥ १८ ॥ महाबला दिव्यबलास्त्रधारिणो भुजङ्गभोगप्रतिमैर्महाभुजैः ॥ सुदुर्जया दैत्यवृषाः सुरारयो दितिप्रिया लोहितलोहितेक्षणाः

करण, कलशोदर, सोमप, देवयाजी, प्रवर, वीरमर्दन, सुपथ, खण्डमुक्ति, शिखिनेत्र, शिखिध्वज आदि जिन-जिन दानवोंका नाम स्मरण आया, सो कह सुनाया। ये सब महर्षि मरीचिकी कीर्ति बढ़ानेवाली दैत्यसन्तानें थीं ॥ ३–१५ ॥ ये तथा इनके अतिरिक्त अन्यान्य दैत्य विविध आभूषणोंसे आभूषित हो तथा कई हजार रथोंपर आरूढ़ हो-होकर युद्धके लिए निकल पड़े ॥ १६ ॥ वे दैत्य दिव्य वस्त्र पहनकर दिव्य चन्दन लगाये हुए थे। दिव्य कवच उनके शरीरपर थे और उन सबकी दिव्य पताकायें आकाशमें फहरा रही थीं ॥ १७ ॥ वे दिव्य शस्त्रास्त्र धारण किये थे और मेघसदृश गर्जन कर रहे थे। उनके बड़े-बड़े रथोंके चलनेसे पृथिवी काँप रही थी ॥ १८ ॥ महाबली, दिव्य सेना तथा दिव्य शस्त्रास्त्रसम्पन्न, दुर्जय, दितिप्रिय एवं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लाल-लाल नेत्रोंवाले उन दैत्योंका पराक्रम अग्नि, चन्द्रमा और सूर्यके समान प्रचण्ड था। उनका वेग इन्द्रके वज्रकी तरह तीव्र था। उनके दाँत बाहर निकले हुए थे। उनके केश हरित एवं धूम्र वर्णके थे। वे शरत्कालीन मेघके समान बढ़ रहे थे ॥ १९ ॥ २० ॥ सहस्रभुजसम्पन्न बलिपुत्र महाबली बाणासुर एक करोड़से अधिक रथी सैनिकोंको साथ लेकर रणसज्जासे सुसज्जित हो गया ॥ २१ ॥ वे सभी दैत्य मायावी, वीर, अस्त्रयोधी, वरप्राप्त तथा बलके मदसे मत्त थे ॥ २२ ॥ उन सबके शरीर स्वर्णशैल सदृश दीप्त थे। उन सबके रेशमी और रंगीन वस्त्र थे। सभी दैत्योंके मस्तकोंपर पगड़ी तथा किरीट-मुकुट विराजमान था और सबके शरीरपर दिव्य भूषण थे ॥ २३ ॥ उन सबकी देहपर सुवर्णकवच था और सबकी ध्वजा-पताका स्वर्णनिर्मित थी। रथोंपर बैठे हुए वे दैत्य शरत्कालीन स्वच्छ आकाशमें विद्यमान ग्रहोंके सदृश दीख रहे थे ॥ २४ ॥ बाणासुरके अनुचर गलेमें प्रलयाग्निके समान उज्ज्वल निष्कभूषण धारण किये थे। अतएव उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानो पर्वतशिखरपर पलाशके फूल फूले हुए हों ॥ २५ ॥ उन दैत्योंके मध्यमें बाणासुरके खड़े होनेपर

॥ १९ ॥ ते जग्मुरर्कज्वलनेन्द्रवीर्या महेन्द्रवज्राशनितुल्यवेगाः ॥ विवृद्धदंष्ट्रा हरिधूम्रकेशा विवर्द्धमानाः शरदीव मेघाः ॥ २० ॥ सहस्रबाहुर्बा-
णश्च बलेः पुत्रो महाबलः ॥ रथातिरथकोट्या वै सन्नह्यत महाबलः ॥२१॥ सर्वे मायाधरा दैत्याः सर्वे दिव्यास्त्रयोधिनः ॥ सर्वे मदबलोत्सिक्ताः सर्वे
लब्धवराः पुरा॥२२॥सर्वे काञ्चनशैलाभाः पीतकौशेयवाससः ॥ किरीटोष्णीषमुकुटा दिव्यभूषणभूषिताः॥२३॥ हिरण्यकवचाः सर्वे हिरण्यध्वजकेतवः॥
स्यन्दनस्था व्यराजन्त शारदा इव खे ग्रहाः ॥ २४ ॥ तापनीयैर्वरैर्निष्कैरनलज्वलितप्रभैः ॥ हेमपर्वतशृङ्गस्थाः पुष्पिता इव किंशुकाः ॥ २५ ॥ तेषां
मध्यगतो बाणः प्रावृषीवोत्थितो घनः ॥ स्थितः शक्तिगदापाणिस्त्रिनल्वप्रतिमे रथे ॥ २६ ॥ विचित्राश्वध्वजयुगे चित्रभक्तिविराजिते ॥ गदाप-
रिघसम्पूर्णे हेमजालविभूषिते ॥ २७ ॥ अन्वीयमानो दितिजैर्वालखिल्यैरिवांशुमान् ॥ नानाप्रहरणैर्घोरैस्तीक्ष्णदंष्ट्रैरिवोरगैः ॥ २८ ॥ पञ्च तस्य
महावीर्या दानवा युद्धदुर्मदाः ॥ ररक्षू रथमव्यग्रा व्यादितास्या भयावहाः ॥ २९ ॥ सुबाहुर्मेघनादश्च भीमगर्भश्च वीर्यवान् ॥ तथा कनकमूर्धा
च वेगवान् केतुमानिति ॥ ३० ॥ कनकरजतभक्तिचित्रपार्श्वे पतगपतिप्रतिमे रथे स्थितोऽभूत् ॥ जलदनिनदतुल्यनेमिघोषे सुरगणसैन्यवधाय

ऐसा लगा कि मानो वर्षाकालमें मेघ उमड़ आया हो। उसके हाथोंमें शक्ति-गदा आदि आयुध विद्यमान थे और वह तीन नल्वपरिमाण (बारह सौ हाथ) विस्तृत रथपर बैठा हुआ था ॥२६॥ उसके रथमें विचित्र घोड़े जुते थे तथा विचित्र ध्वजा विद्यमान थी। उस रथमें सुन्दर पच्चीकारीके काम किये हुए थे। उस रथका सर्वाङ्ग सुवर्णखचित एवं गदा-परिघ आदि शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण था ॥ २७ ॥ जैसे सूर्यनारायण बालखिल्योंसे घिरे रहते हैं, उसी प्रकार बाणासुर अगणित दैत्योंसे घिरा रहता था। तीक्ष्ण दाँतोंवाले सर्पोंके समान भीषण आयुध उस रथपर रखे थे ॥ २८ ॥ बाणासुरके सेनापतियोंमेंसे पाँच महाबली और असाधारण पराक्रमी दानव उस रथकी रक्षा कर रहे थे। वे पाँचों घोर योद्धा और अति भयंकर आकारके थे। उन्हें देखकर भय लगता था। उनके मुख सदा खुले रहते थे ॥ २९ ॥ उनके नाम थे—मेघनाद, सुबाहु, भीमगर्भ, कनकमूर्धा और वेगवान् केतुमान् ॥ ३० ॥ हे महाराज! देवसेनाके संहारार्थ दैत्यराज बलि जिस रथपर आरूढ़ हुआ, उसका सर्वाङ्ग स्वर्ण तथा रजत द्वारा चित्रित था। उस रथका आकार पक्षिराज गरुडके समान था। उस रथके पहियोंका शब्द

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मेघगर्जन सदृश गम्भीर था ॥ ३१ ॥ इधर अनायुषाका पुत्र महान् असुर बल एक लाख रथोंसे परिवेष्टित होकर स्वयं हजार रीछजुते, काकचिह्नयुक्त तथा लौहनिर्मित दुर्जय रथपर आरूढ़ हुआ ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ वह असुर नील वस्त्र धारण किये रहनेके कारण वैदूर्यपर्वतके समान शोभित होता हुआ अपने सभी महारथियोंके साथ युद्धके निमित्त बाहर निकला ॥ ३४ ॥ उस एकार्णव सदृश सैन्यसमूहके बीचमें स्थित बल दैत्य समुद्रके मध्यमें विराजमान प्रभातकालीन सूर्यकी तरह सुन्दर लग रहा था ॥३५॥ विशेष करके उसके मस्तकपर तप्त सुवर्णतुल्य शोभायमान किरीट विराजमान रहनेके कारण ऐसा लगता था कि मानो देदीप्यमान शिखरसे शोभित कोई विशाल पर्वत विराजमान हो ॥ ३६ ॥ महान् असुर नमुचिके साथ भी साठ हजार रथ चले । उन सभी रथोंका निनाद मेघके समान गम्भीर था और उन सबमें गधे जुते हुए थे ॥ ३७ ॥ उन रथोंके सब रथी नाना प्रकारके शस्त्रास्त्रसे सम्पन्न और विचित्र योद्धा थे । उन सबकी आकृति महामेघ जैसी थी । वे सब असाधारण वेगवान् और महाबली थे ॥ ३८ ॥ महान् असुर नमुचिका निजी रथ विविध रत्नोंसे विभूषित

दानवेन्द्रः ॥ ३१ ॥ अनायुषायाः पुत्रस्तु बलो नाम महासुरः ॥ वृतः शतसहस्रेण रथानां भीमवर्चसाम् ॥ ३२ ॥ युक्तमृक्षसहस्रेण रथमारुह्य वीर्यवान् ॥ नीलायसमयं घोरं वायसाङ्कं सुदुर्जयम् ॥ ३३ ॥ नीलाम्बरधरः श्रीमान् वैदूर्याचलसन्निभः ॥ महता रथवेगेन प्रययौ दानवस्तदा ॥ ३४ ॥ तत्रैकार्णवसंकाशे सैन्यमध्ये व्यराजत ॥ प्रभातसमये श्रीमान्समुद्रस्थ इवांशुमान् ॥ ३५ ॥ सुतप्तजाम्बूनदतुल्यवर्चसा निशाकराकार-तडिद्गुणाकरः ॥ किरीटमुख्येन विभाति शोभिना यथा गिरिः शृंगवरेण भास्वता ॥ ३६ ॥ षष्टिं रथसहस्राणि नमुचेरसुरस्य वै ॥ खरयुक्तानि सर्वाणि मेघतुल्यरवाणि च ॥ ३७ ॥ नानाप्रहरणाः सर्वे सर्वे ते चित्रयोधिनः ॥ महाभ्रघनसंकाशा वेगवन्तो महाबलाः ॥ ३८ ॥ रथो व्याघ्र-सहस्रेण युक्तः परमवेगवान् ॥ नमुचेरसुरेन्द्रस्य सर्वरत्नविभूषितः ॥ ३९ ॥ शार्दूलचिह्नः शुशुभे तस्य केतुर्हिरण्मयः ॥ रथमध्ये सुरेशस्य मध्यं-दिनरविर्यथा ॥ ४० ॥ स भीमवेगश्च महाबलश्च प्रगृह्य चापं हिमवानिव स्थितः ॥ नीलाम्बरः काञ्चनपट्टनद्धो दिशागजो यद्वदुपेतकक्षः ॥ ४१ ॥ किङ्किणीजालनिर्घोषं तपनीयविभूषितम् ॥ सपताकध्वजोपेतं ससंध्यमिव तोयदम् ॥ ४२ ॥ चक्रैश्चतुर्भिः संयुक्तमष्टनल्वायतान्तरम् ॥ हेमजालाकुलं दीप्तं कालचक्रमिवोदितम् ॥ ४३ ॥ नानायुधधरं घोरं व्याघ्रचर्मपरिष्कृतम् ॥ ईहामृगगणाकीर्णं चित्रभक्तिविराजितम् ॥ ४४ ॥ तूणीरशरसंपूर्णं

था और उसमें हजार बाघ जुते हुए थे ॥ ३९ ॥ उसकी सुवर्णमयी तथा सिंहचिह्नसे शोभित ध्वजाको देखकर ऐसा लगता था कि मानो मध्याह्नकालीन सूर्य विराजमान हो ॥ ४० ॥ भीषण पराक्रमी नमुचि नील वस्त्र पहन तथा हाथमें धनुष लेकर हिमवान्की तरह अटलभावसे रथपर बैठा हुआ था । उस समय वह मूर्तिमान् दिग्गज जैसा लग रहा था ॥ ४१ ॥ उसी समय मयदानव भी किंकिणीजालविमण्डित, सुवर्णोज्ज्वल एवं उद्यत कालचक्र सदृश देदीप्यमान एक रथपर आरूढ़ हुआ । उस रथमें भाँति-भाँतिकी ध्वजापताकायें विद्यमान थीं । जिससे वह रथ सायंकालीन मेघ जैसा लग रहा था ॥४२॥ उसमें चार पहिये थे । उसका विस्तार आठ नल्व (बत्तीस सौ हाथ) था । उस रथमें सर्वत्र सुनहले काम थे । अतएव उदीयमान तेजस्वी कालचक्र जैसा वह दीख रहा था ॥४३॥ उसमें भाँतिभाँतिके शस्त्रास्त्र रक्खे थे । उसके ऊपर व्याघ्रचर्म मढ़ा था । उसपर कितने ही भेड़ियोंके चित्र बने हुए थे । उसकी रचनावली

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बड़ी ही चमत्कारपूर्ण थी ॥ ४४ ॥ उसमें तरकस, बाण, शक्ति, तोमर (गँड़ासा), गदा, मुद्गर और उच्चकोटिके धनुष रक्खे थे ॥४५॥ उसमें लम्बे बालोंवाले एक हजार रीछ जुते थे। उस रथकी सिंहचिह्नित पताकाको देखकर ऐसा लगता था कि मानो वह कोई रजतगिरि हो ॥ ४६ ॥ जब उस रथपर सवार होकर मय दानव युद्धके लिए घरसे बाहर निकला, उस समय उदयाचलपर उदीयमान सूर्यके समान उसकी शोभा हो रही थी ॥ ४७ ॥ जब मय दानवने प्रस्थान किया, उस समय निर्मलरजतबिन्दुशोभित, सुवर्ण तथा मणिमय रचनायुक्त एक अरब विशाल रथ उसके पीछे-पीछे चले ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

(प्रह्लाद-शम्बरादि दैत्योंकी युद्धयात्रा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अन्धकारपूर्ण कन्दरा सरीखा महादैत्य पुलोमा शत्रुरथविनाशक एक घोरतर लौहनिर्मित रथपर सवार

शक्तितोमरसङ्कुलम् ॥ गदामुद्गरसंबाधं चापरत्नविभूषितम् ॥ ४५ ॥ युक्तमृक्षसहस्रेण लम्बकेसरवर्चसा ॥ राजतेन विकीर्णेन शोभितं सिंहकेतुना ॥ ४६ ॥ स तेन शुशुभे दैत्यो मयो मायाविसर्पिणा ॥ रथरत्ने स्थितः श्रीमानुदयस्थ इवांशुमान् ॥ ४७ ॥ विमलरजतबिन्दुशोभिताङ्गं मणिकनकोज्ज्वलचारुभक्तिचित्रम् ॥ अयुतशतसहस्रमूर्जितानां मयमनुयाति तदा महारथानाम् ॥४८॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे मयस्य युद्धाभिगमनं नामैकोनपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ४९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पुलोमा तु महादैत्यस्तिमिराकारगह्वरम् ॥ आरुरोहायसं घोरं रथं पररथारुजम् ॥ १ ॥ उत्कर्णपर्वताकारं लोहजालान्तरान्तरम् ॥ नेमिघोषेण महता क्षुभ्यन्तमिव सागरम् ॥२॥ गदापरिघनिस्त्रिंशैः सतोमरपरश्वधैः ॥ शक्तिमुद्गरसंजीर्णं सतोयमिव तोयदम् ॥ ३ ॥ रथमुष्ट्रसहस्रेण संयुक्तं वायुवेगिना ॥ पुलोमारुह्य युद्धाय प्रस्थितो युद्धदुर्मदः ॥ ४ ॥ षष्टिं रथसहस्राणि पुलोमानं महारथम् ॥ अन्वयुः सूर्यवर्णानि प्रदीप्तानीव तेजसा ॥५॥ शार्ङ्गध्वजेन महता तप्तकांचनवर्चसा ॥ भ्राजते रथमध्यस्थः पर्वतस्थ इवांशुमान् ॥६॥ सुचारुचामीकरपट्टनद्धां महागदां कालनिभां महाबलः ॥ प्रगृह्य बभ्राज स शत्रुमध्ये कार्ष्णायसीं केतुरिवास्थितोऽर्व्याम् ॥७॥ हयग्रीवस्तु बलवान् हयग्रीवैर्महासुरैः ॥ वृतः शतसह-

हुआ ॥ १ ॥ वह रथ पर्वतस्तूप सरीखा था और उसका भीतरी भाग लोहेसे मढ़ा था। उसके पहियेका शब्द सुनकर ऐसा लगता था कि मानो समुद्र कुपित होकर गर्जन कर रहा हो ॥ २ ॥ वह रथ गदा, परिघ, खड्ग, तोमर (गँड़ासा), परश्वध, शक्ति और मुद्गर प्रभृति शस्त्रोंसे इस प्रकार परिपूर्ण था कि मानों सजल जलधर विद्यमान हो ॥३॥ उस रथमें वायुवेगगामी सहस्र ऊँट जुते थे। रणदुर्मद पुलोमा उसी रथपर सवार होकर युद्धके लिए चला ॥ ४ ॥ सूर्यके समान तेजस्वी और अपने प्रभावसे देदीप्यमान अन्यान्य साठ हजार रथ उस महारथी दानव पुलोमाके पीछे-पीछे चले ॥ ५ ॥ वह दानव तप्तसुवर्णवर्ण एवं खड्गध्वजयुक्त रथपर चढ़ा तो ऐसा लगा कि मानो भगवान सूर्य उदयाचलपर आरूढ़ हो गये हों ॥ ६ ॥ महाबली पुलोमाने सुवर्णखचित, कालस्वरूप तथा लौहमयी एक महागदा धारण कर ली तो ऐसा लगा कि मानो पृथिवीपर धूमकेतु उदित हो गया है ॥७॥ तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलवान् दैत्य हयग्रीव हयग्रीवाकृति एक लाख असुरोंसे परिवेष्टित हो और एक भयङ्कर रथपर आरूढ़ होकर युद्धके लिए चला ॥८॥९॥ श्वेत पर्वत सदृश हयग्रीव श्वेतकुण्डल एवं भूषण धारण करके अपने रथपर बैठा हुआ श्वेतशृङ्ग पर्वत जैसा सुन्दर लग रहा था ॥ १० ॥ नागध्वजसे अलंकृत उस रथकी सात शिखायें थीं और उसके बीच-बीचमें वैदूर्यमणि और प्रवाल जड़ा हुआ था ॥ ११ ॥ इस प्रकार हयग्रीव जब भवनसे बाहर निकला तो देवराज इन्द्रके पीछे-पीछे चलनेवाले देवताओंके समान अतिशय पराक्रमी सैकड़ों और हजारों महारथी असुर-सैनिक उसके पीछे-पीछे चले ॥ १२ ॥ सर्वशास्त्रविशारद, महामायावी, सैकड़ों यज्ञोंके अनुष्ठाता, अग्निशिखाके समान तेजस्वी और परम बुद्धिमान् प्रह्लाद भी युद्धयात्राके लिए सुसज्जित हो गये । उन सब दैत्योंका कोलाहल असमयमें उमड़े हुए बादलोंके समान भीषण था ॥ १३ ॥ १४ ॥ असाधारण वीर और अपरिमित पराक्रमी सहस्रों दैत्योंसे घिरे हुए प्रह्लाद देवताओंसे आवेष्टित लोकपितामह ब्रह्माके समान दीख रहे थे ॥ १५ ॥ मत्त मातंगके समान अतुलित पराक्रमी वह दृप्त दानव जब अपनी सेनाके अग्रभागमें खड़ा हुआ तो ऐसा मालूम पड़ा

स्रेण रथनां रथिसत्तमः ॥ ८ ॥ धराधरनिभाकारं सपत्नानीकमर्दनम् ॥ स्यन्दनं भीममास्थाय युद्धायाभिमुखः स्थितः ॥ ९ ॥ श्वेतशैलप्रतीकाशः श्वेतकुण्डलभूषणः ॥ शुशुभे रथमध्यस्थः श्वेतशृङ्ग इवाचलः ॥ १० ॥ महता सप्तशीर्षेण शोभितो नागकेतुना ॥ वैडूर्यमणिचित्रेण प्रवालाङ्कुर-शोभिना ॥ ११ ॥ अमितबलपराक्रमाकृतीनां वररथिनामनुजग्मुरूर्जितानाम् ॥ असुरगणशताभिगच्छमानं त्रिदशगणा इव वासवं प्रयान्तम् ॥ १२ ॥ प्रह्लादस्तु महाप्राज्ञः सर्वशास्त्रविशारदः ॥ सर्वमायाधरः श्रीमान् यष्टा क्रतुशतैरपि ॥ १३ ॥ समनह्यत तेजस्वी पावकार्चिःसमप्रभः ॥ रथानीकेन महता दुर्दिनाम्भोदनादिना ॥१४॥ शूरेणामितवीर्येण हेमकुण्डलधारिणा ॥ वृतो दैत्यसहस्रेण देवैरिव पितामहः ॥ १५ ॥ स्ववीर्यादग्र-णीर्दृप्तो मत्तवारणविक्रमः ॥ सुरसैन्यस्य सर्वस्य प्रतिक्षोभ इवास्थितः ॥ १६ ॥ स्ववीर्येणोदधेस्तुल्यः प्रदीप्ताग्निरिव ज्वलन् ॥ तेजसा भास्करा-कारः क्षमया पृथिवीसमः ॥ १७ ॥ तालध्वजेन दीप्तेन रथेनातिविराजता ॥ तं यान्तमनुयान्ति स्म दानवाः शतसंघशः ॥ १८ ॥ सर्वे हिरण्यकवचाः सर्वे रत्नविभूषिताः ॥ दिव्याङ्गरागाभरणाः समरेष्वनिवर्तिनः ॥१९॥ जाम्बूनदविचित्राङ्गा वैदूर्यविकृताङ्गदाः ॥ दिव्यस्यन्दनमध्यस्थाः खस्था इव महाग्रहाः ॥२०॥ आचारवांश्चैव जितेन्द्रियश्च धर्मे रतः सत्यपरोऽनसूयः ॥ स्थितोऽग्नितोयाम्बुदवायुकल्पो रूपी यथा सर्वहरः कृतान्तः ॥ २१ ॥

कि मानो समस्त देवसेनाका क्षोभ मूर्तरूपमें आगे आ खड़ा हुआ हो ॥ १६ ॥ प्रह्लादका धैर्य समुद्रके समान गम्भीर, शरीर अनलशिखाके सदृश तेजस्वी, तेज सूर्यके समान और क्षमा पृथिवीके सदृश थी ॥ १७ ॥ दैत्यवर प्रह्लाद जब दीप्ततालध्वजसम्पन्न रथपर सवार होकर युद्धके लिए चला तो दानवोंके सैकड़ों संघ उसके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ १८ ॥ उसके अनुगामी सभी दैत्योंके शरीरपर स्वर्णकवच थे । सबके अंगोंमें रत्नजटित आभूषण थे । सबके शरीरपर दिव्य अङ्गराग लगा हुआ था । वे युद्धभूमिमें कभी पीठ न दिखानेवाले वीर थे ॥ १९ ॥ उन सबके अंग सुवर्णनिर्मित आभूषणों तथा उनके अङ्गद वैदूर्यमणि द्वारा चित्रित थे । रथपर आरूढ़ होकर वे दैत्य आकाशस्थित महाग्रहोंके समान दिखायी दे रहे थे ॥ २० ॥ प्रह्लाद आचारवान्, जितेन्द्रिय, धर्मपरायण, सत्यनिष्ठ और ईर्ष्या-द्वेषशून्य थे । अग्नि, जल, मेघ तथा वायुके समान पराक्रमी दैत्यवर प्रह्लादको देखकर ऐसा लगता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था कि मानो सर्वसंहारक दूसरा यमराज सबके समक्ष उपस्थित हो ॥२१॥ प्रह्लादके बाद रथयूथपतियोंका प्रभु, सर्वयुद्धविशारद एवं परम मायावी शम्बरासुर एक दिव्य रथपर सवार हुआ ॥२२॥ उस असुरके नेत्र रक्तवर्ण थे। वह महाबाहु, देदीप्यमान स्वर्णकुण्डलधारी, मेघके समान गाढ़ा नीलवर्ण और दिव्य चन्दन-माल्यधारी था ॥२३॥ शम्बरासुर विद्युत् सदृश देदीप्यमान तथा सूर्यके समान तेजस्वी मुकुट एवं मणि-रत्न तथा बीच-बीचमें वैदूर्यमणिविभूषित उज्ज्वल कवच धारण करके सन्ध्याकालीन मेघसे आच्छन्न अस्ताचलके समान शोभित हो रहा था ॥ २४ ॥ २५ ॥ विचित्र प्रकारके युद्ध करनेमें निपुण, असाधारण बलवान् तथा कालके समान भीषण दैत्यसैनिक शम्बरासुरके पीछे-पीछे चल रहे थे ॥ २६ ॥ शम्बरासुर सहस्र अश्वसंयुक्त, शुभ्रवर्ण एवं क्रौञ्चध्वजसुशोभित तेजस्वी रथपर आरूढ़ होकर युद्धके लिए निकल पड़ा ॥ २७ ॥ उस रथमें चारों ओर विविध पक्षियोंके चित्र बने हुए थे। स्थान-स्थानपर

शम्बरस्तु महामायो रथयूथपयूथपः ॥ आरुरोह रथं दिव्यं सर्वयुद्धविशारदः ॥ २२ ॥ लोहिताक्षो महाबाहुः प्रतप्तोत्तमकुण्डलः ॥ जीमूतघनसंकाशो दिव्यस्रगनुलेपनः ॥ २३ ॥ विद्युज्ज्योतिर्निकाशेन मुकुटेनार्कवर्चसा ॥ मणिरत्नविचित्रेण वैदूर्यवरशोभिना ॥२४॥ तपनीयेन महता कवचेन विराजता ॥ संध्याभ्रेणेव संछन्नः श्रीमानस्तशिलोच्चयः ॥ २५ ॥ त्रिंशच्छतसहस्राणि दैत्यानां चित्रयोधिनाम् ॥ बलिनां कालकल्पानामन्वयुः शम्बरं तदा ॥ २६ ॥ युक्तं हयसहस्रेण शुक्लवर्णेन राजता ॥ क्रौञ्चध्वजेन दीप्तेन रथेनाहवशोभिना ॥ २७ ॥ व्यासक्तवैदूर्यसुवर्णजालं नानाविहङ्गैरपि भक्तिचित्रम् ॥ विद्युत्प्रभं भीमरवं सुवेगं रथं समारुह्य रराज दैत्यः ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे शम्बरादिदैत्यसन्नहनं नाम पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अनुह्रादश्च तत्रैव दैत्यः परमदुर्जयः ॥ हिरण्यकशिपोः पुत्रः प्रययौ युद्धलालसः ॥ १ ॥ चतुश्चक्रेण यानेन त्रिनल्वप्रतिमेन तु ॥ युक्तेनाश्वैर्महावीर्यैः सिंहवक्त्रैरजिह्मगैः ॥ २ ॥ भीमगम्भीरनादेन नेमिघोषेण वीर्यवान् ॥ चालयन्वसुधां सर्वां सशैलवनकाननाम् ॥ ३ ॥ विनर्दमाना दैत्यौघा अनुह्रादं ययुः शुभाः ॥ शतं शतसहस्राणां रथानां हेममालिनाम् ॥ ४ ॥ परिघैर्भिन्दिपालैश्च भल्लैः पाशैः परश्वधैः ॥

सुवर्णपट्टमें वैदूर्यमणिकी पच्चीकारी की हुई थी। उस रथकी दीप्ति बिजली जैसी थी और उसका घर्घरशब्द तथा वेग बड़ा भयानक था। उस रथपर सवार होकर दैत्यराज शम्बर अतिशय शोभित हुआ ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५० ॥

(राजा बलिका युद्धोद्योग) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर हिरण्यकशिपुपुत्र तथा शत्रुनगरविजेता अनुह्राद युद्धकी लालसासे रथपर सवार होकर चला ॥१॥ उसके रथमें चार पहिये थे। उसका आयतन तीन नल्व (बारह सौ हाथ) था एवं सिंहमुख, अवक्रगामी और महाबली अश्व उसमें जुते हुए थे ॥ २ ॥ उस रथके पहियोंके गम्भीर निनादसे पर्वतों तथा वनों समेत सारी पृथिवी काँप उठी ॥ ३ ॥ लाखों दैत्य स्वर्णजालजटित रथोंपर आरूढ़ हो-होकर अनुह्रादको चारों ओरसे घेरकर चलने लगे ॥ ४ ॥ उन दैत्योंमेंसे किसीके हाथमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिघ, किसीके हाथमें भिन्दिपाल (ढेलवाँस), किसीके हाथमें प्रास, किसीके हाथमें परश्वध, किसीके हाथमें त्रिशूल, किसीके हाथमें गदा और किसीके हाथमें मुद्गर विद्यमान था ॥५॥ वे सभी दानव स्वर्णालङ्कार तथा हीरा-मोती आदि मणियोंसे अलंकृत थे। वे विचित्र रथों तथा कवचोंसे सन्नद्ध थे॥ ६ ॥ दैत्याधिपति अनुह्राद इस प्रकार सुदीर्घ और समुन्नत सत्त्व तथा बलके अनुरूप अप्रतिम रथपर सवार होकर युद्धके लिए चल पड़ा ॥ ७ ॥ तदनन्तर बलिका पिता अग्निसदृश तेजस्वी बलवान् विरोचन रथपर आरूढ़ हुआ। विरोचन सर्वास्त्रकुशल, व्यूह-निर्माणमें निपुण एवं ज्ञान-विज्ञानका विशेषज्ञ था। यहाँ तक कि देवताओंमें इन्द्र जिस प्रकार सर्वप्रधान माने जाते हैं, उसी प्रकार दानवोंमें विरोचन सर्वश्रेष्ठ माना जाता था ॥८॥९॥ उस दानवके रथमें चारों ओर किंकणीसमूह लटक रहा था और उसमें सर्वत्र सब प्रकारके शस्त्रास्त्र रखनेके लिए उत्कृष्ट स्थान था। उस रथमें वेगगामी तथा उच्चकोटिके एक हजार

विविधायुधहस्तास्ते शूलमुद्गरपाणयः ॥ ५ ॥ सुवर्णजालनिर्मुक्तैर्वज्रैश्च समलंकृताः ॥ रथैश्चित्रैश्च कवचैः सज्जमाना महासुराः ॥ ६ ॥ तदा विशालो-
च्छ्रितशैलरूपे बभौ रथे काञ्चनचित्रिताङ्गे ॥ दैत्याधिपः सत्त्वबलानुरूपे समास्थितः स्वप्रतिमेयरूपः ॥७॥ विरोचनश्च बलवान्वैश्वानरसमद्युतिः ॥ महता
रथवंशेन सर्वास्त्रकुशलः शुचिः ॥ ८ ॥ व्यूहानां विनियोगज्ञो ज्ञानविज्ञानतत्त्ववित् ॥ बलेः पिता सुरवरः सुराणामिव वासवः ॥ ९ ॥ सर्वा-
युधसमोपेतं किङ्किणीजालभूषितम् ॥ युक्तानां वाजिमुख्यानां सहस्रेणाशुगामिनाम् ॥ १० ॥ रथमारुह्य दैत्येन्द्रो बभौ मेरुरिवापरः ॥ किङ्किणी-
जालपर्यन्तं गजेन्द्रध्वजशोभितम् ॥ सन्ध्याभ्रसमवर्णाभिः पाताकाभिरलंकृतम् ॥ ११ ॥ प्रवालजाम्बूनदभक्तिचित्रं व्यालं विकारान्तरनेमिघोषम् ॥
रथं समारुह्य किरीटमाली ययौ स युद्धाय महासुरेन्द्रः ॥ १२ ॥ विरोचनानुजश्चैव कुजंभो नाम दानवः ॥ स्यन्दनैर्बहुसाहस्रैर्मणिकाञ्चनभूषितैः
॥ १३ ॥ वृतो मदबलोत्सिक्तैर्देवारिभिररिन्दमः ॥ प्रासपाशगदाहस्तैर्दानवैर्युद्धकांक्षिभिः ॥ १४ ॥ स पर्वतनिभाकारो भिन्नाञ्जनचयप्रभः ॥ महता
भ्राजमानेन किरीटेन सुवर्चसा ॥ १५ ॥ सर्वरत्नविचित्रेण कवचेन च संवृतः ॥ महता दीप्तवपुषा रथेनेन्दुरिवांशुमान् ॥ १६ ॥ शातकौम्भेन महता
तालवृक्षेण केतुना ॥ रराज रथमध्यस्थो मेरुस्थ इव भास्करः ॥१७॥ रणपटुरतिवीर्यसत्त्वबुद्धिः सुरसमराभिमुखः प्रयाति तूर्णम् ॥ असुरगणसमावृतः

घोड़े जुते हुए थे और उस रथकी ध्वजापर गजेन्द्रका स्वरूप अंकित था। उसपर सन्ध्याकालीन मेघके समान लाल पताकायें फहरा रही थीं। उसमें प्रवाल तथा सुवर्णविरचित रचनावली बड़ी ही चमत्कारपूर्ण थी। उसके भी ऊपर मोतियोंकी झालरें टँगी हुई थीं। किरीटमाली वह दानवेन्द्र उस रथपर सवार होकर युद्धके लिए चला ॥१०–१२॥ तदनन्तर विरोचनका छोटा भाई बलवान् कुजम्भ भी युद्धके लिए चला। उस वीरके बाहर निकलनेपर मदबलमत्त अन्यान्य दानव भी प्रास, पाश और गदा हाथमें लेकर मणि तथा कंचनविभूषित रथोंपर सवार होकर उसके साथ समरयात्रापर चल पड़े ॥ १३ ॥ १४ ॥ कुजम्भकी आकृति ठीक अंजनगिरि जैसी थी। वह तेजस्वी किरीट तथा नाना प्रकारके रत्नोंसे सुसज्जित कवच धारण करके सूर्य-चन्द्रमासदृश देदीप्यमान रथपर आरूढ़ हुआ तो ऐसा लगा कि मानो सुमेरु पर्वतपर सूर्यभगवान शोभित हो रहे हैं। उसके रथपर स्वर्णनिर्मित तालवृक्षकी पताका फहरा रही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थी ॥ १४–१७ ॥ रणपटु, अतिशय बलवान् और बुद्धिमान् कुजम्भ दानवोंसे परिवेष्टित होकर सुरगणालंकृत देवराज इन्द्रके समान रणयात्राके लिए निकल पड़ा ॥ १८ ॥ उसके बाद विकटाकार असिलोमा दानव चला। उसकी आकृति, उसका मुख, नेत्र, दाँत और शरीर सब बड़ा भीषण था ॥ १९ ॥ उसके नेत्र रथके पहिये जैसे विशाल थे। उसका मुख रक्तवर्ण, परिधानवस्त्र नीलाम्बर और उसके पास युद्धका प्रधान अस्त्र पर्वत था ॥ २० ॥ शिला और वृक्ष लेकर युद्ध करनेवाले और विविधरूपधारी हजारों दानव उसके साथ चल रहे थे ॥ २१ ॥ हाथमें त्रिशूल लेकर मेघवृन्दके समान कृष्णकाय तथा स्वर्णनिष्कधारी उन दानवोंने आकाशमार्गमें परिभ्रमण करते हुए वर्षाकालीन मेघकी तरह समस्त गगनमण्डल ढाँक लिया ॥२२॥ अनायुषाका पुत्र महासुर वृत्र, जिसका मुख ताम्रवर्ण, उदर लम्बा, जिह्वा दीप्त, दाढ़ी-मूँछ हरितवर्ण, शरीरके रोयें उज्ज्वल, अङ्ग नीलवर्ण, ग्रीवा लोहितवर्ण, बाहु आजानुलम्बित

कुजम्भस्त्रिदशगणैरिव वृत्रहाऽमरेन्द्रः ॥ १८ ॥ असिलोमा च तत्रैव दानवः पर्वतायुधः ॥ दारुणं वपुरास्थाय दारुणो दारुणाननः ॥१९॥ रौद्रः
शकटचक्राक्षो महाकायो महाबलः ॥ कृष्णवासा महादंष्ट्रः किरीटी लोहिताननः ॥ २० ॥ वृतो दैत्यसहस्रौघैर्गिरिपादपयोधिभिः ॥ नानारूप-
धरैर्दृप्तैर्दैत्यैस्त्रिदशशत्रुभिः ॥ २१ ॥ ते शूलहस्ता गगने चरन्त इतस्ततस्तोयदवृन्दतुल्याः ॥ खं छादयन्तस्तपनीयनिष्का यथोन्नताः प्रावृषि
कालमेघाः ॥ २२ ॥ अनायुषायाः पुत्रस्तु वृत्रो नाम महासुरः ॥ देवशत्रुर्महाकायस्ताम्रास्यो निर्नतोदरः ॥ २३ ॥ दीप्तजिह्वो हरिश्म-
श्रुरूर्ध्वरोमा महाहनुः ॥ नीलाङ्गो लोहितमुखः किरीटी लोहिताम्बरः ॥ २४ ॥ आजानुबाहुर्विकृतः श्वेतदंष्ट्रो विभीषणः ॥ महामायाधरो भीमो
हेमकेयूरभूषणः ॥ २५ ॥ महता मणिचित्रेण कवचेन तु संवृतः ॥ हेममालाधरो रौद्रश्चक्रकेतुरमर्षणः ॥ २६ ॥ किंकिणीशतसंघुष्टं तपनीयविभू-
षितम् ॥ युक्तं हयसहस्रेण रक्तध्वजपताकिनम् ॥ २७ ॥ रथानीकेन महता युद्धायाभिमुखो ययौ ॥ दिव्यं स्यन्दनमास्थाय दैत्यानां नन्दि-
वर्द्धनः ॥ २८ ॥ तपितकनकबिंदुपिंगलाक्षो दितितनयोऽसुरसैन्ययुद्धनेता ॥ विकसितकमलाभचारुचक्षुः शितदशनः शुशुभे रथासनस्थः ॥ २९ ॥
एकचक्रस्तु तत्रैव सूर्यचक्र इवोदितः ॥ कालचक्रसमो रौद्रश्चक्रायुध इवोद्यतः ॥ सर्वायसमयं दिव्यं रथमास्थाय भास्करम् ॥ ३० ॥ वृतो दैत्य-
गणैर्दृप्तैः कालायसशिलायुधैः ॥ तस्याशीतिसहस्राणि रथानां चित्रयोधिनाम् ॥ ३१ ॥ सर्वे कालान्तकप्रख्या रुधिराक्षा महाबलाः ॥ आयसैः

दाँत श्वेतवर्ण, परिधान रक्तवस्त्र और हाथमें सुवर्णनिर्मित केयूर था। वह बड़ा मायावी और देखनेमें बड़ा भयानक लगता था ॥ २३–२५ ॥ सो वृत्रासुर मणिचित्रित कवच धारण करके किंकिणीजालजटित, रक्तध्वज-पताकायुक्त, सहस्र अश्वसंयोजित और चक्रध्वज युक्त दिव्य रथपर सवार होकर अन्यान्य रथी सैनिकोंके साथ युद्धकी अभिलाषासे चला ॥२६–२८॥ प्रतप्त सुवर्णके बिन्दुसदृश पीले नेत्रोंवाला, असुरसैनिकोंका अग्रणी, विकसित कमल सरीखे सुन्दर नयनों तथा श्वेत दाँतोंसे सम्पन्न दैत्य वृत्र रथपर आरूढ़ होकर बड़ा सुन्दर लगने लगा। तदनन्तर सूर्यचक्र, भीषण कालचक्र तथा समुद्यत चक्रायुधके समान भयानक दैत्यवर एकचक्र नाना प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण एक देदीप्यमान रथपर सवार होकर युद्धके लिए चला ॥ २९ ॥ ३० ॥ कालस्वरूप लोह तथा शिलास्त्रधारी दृप्त दानवगण एकचक्रका चारों ओरसे घेरकर उसके साथ-साथ चलने लगे। उन अनुगामी दैत्योंकी संख्या अस्सी हजार था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे सभी दानव रथी तथा विचित्र योद्धा थे ॥३१॥ उनमेंसे किसीके शरीरपर लौह और किसी-किसी दैत्यके शरीरपर स्वर्णकवच विद्यमान थे। घोरदर्शन, महाकाय, महाबली, परमपराक्रमी और लोहितलोचन वे सब दानव जिस समय दाँतोंसे होंठ काटते हुए कालान्तक यमराजके समान रथपर सवार हुए, उस समय ऐसा लगा कि मानो नीलवर्णके मेघ आकाशमें विराजमान हैं ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ इस प्रकार समरदुर्जय, समुद्रसदृश गंभीर आकारवाले, कृष्णमुख एवं दुर्धर्ष दानवगण तटका अतिक्रमण करके बहनेवाले समुद्रके समान दीख रहे थे ॥३४॥ प्रबल मायावी, विशालकाय, किरीटधारी और स्वर्णभूषणालंकृत-शरीर वे दानव जब अपना-अपना शस्त्र लेकर चले तो ऐसा लगा कि मानो पंखधारी पर्वत आकाशमें उड़ रहे हैं ॥ ३५ ॥ तदनन्तर वृत्रासुरका भ्राता एक महादैत्य बलिपुत्र बाणासुरके आदेशानुसार देवताओंका वध करनेकी तैयारी करने लगा ॥ ३६ ॥ उसके गलेमें सोनेकी माला थी। उसके दाँत बहुत

काञ्चनैश्चैव सन्नद्धा वरवर्णिनः ॥३२॥ व्यराजन्तान्तरिक्षस्था नीला इव पयोधराः ॥ सर्वे कालान्तकप्रख्या धीराः समरदुर्जयाः ॥३३॥ सागरोदर-गम्भीरा नीलवक्त्रा दुरासदाः ॥ रेजुर्यान्तोऽमरवरा वेलातीता इवार्णवाः ॥ ३४ ॥ ते भीममायाः सुसमृद्धकायाः किरीटिनः काञ्चनभूषितांगाः ॥ ययुस्तदा स्वायुधदीप्तहस्ता नभः सपक्षा इव पर्वतेन्द्राः ॥ ३५ ॥ संदिष्टो बलिपुत्रेण वृत्रभ्राता महासुरः ॥ वधाय सुरसैन्यस्य संनह्यस्वेति वीर्यवान् ॥ ३६ ॥ हेममाली महादंष्ट्रः स्रग्वी रुचिरकुण्डलः ॥ रक्तमाल्याम्बरधरश्चण्डः समरदुर्जयः ॥३७॥ सुमहावृत्तनयनः स किरीटी धनुर्धरः ॥ प्रभिन्न इव मातंगः शार्दूलसमविक्रमः ॥३८॥ महातालनिभं चापं तथा रुचिरसायकम् ॥ विस्फारयन्महावेगं वज्रनिष्पेषनिःस्वनम् ॥३९॥ रथेन खरयुक्तेन ध्वजेन भुजगेन ह ॥ शुशुभे स्यन्दनस्थः स सन्ध्यागत इवांशुमान् ॥ ४० ॥ रथैस्तु बहुसाहस्रैर्हेमपट्टविभूषितैः ॥ कूटमुद्गरसम्पूर्णैर्जलपूर्णैरिवाम्बुदैः ॥ स दैत्येन्द्रोऽभिचक्राम तस्मिन्युद्ध उपस्थिते ॥ ४१ ॥ पवनसमगतिर्विशालवक्षा विकसितपंकजचारुगर्भगौरः ॥ प्रवररथगतो ययौ स तूर्णं त्रिदशगणैरभिलक्षितप्रभावः ॥ ४२ ॥ सिंहिकातनयश्चैव राहुर्नाम महासुरः ॥ विकटः पर्वताकारः शतशीर्षा शतोदरः ॥ ४३ ॥ पीत-माल्याम्बरधरो जाम्बूनदविभूषितः ॥ स्निग्धवैदूर्यसंकाशः पद्मपत्रनिभेक्षणः ॥ ४४ ॥ सर्वकाञ्चनसंयुक्तं मणिजालपरिष्कृतम् ॥ पताकाशतसंकीर्णं

बड़े-बड़े थे। उसके दोनों नेत्र सदा चंचल रहते थे। उसके कानोंमें कुंडल विराजमान रहते थे और, उसका परिधानवस्त्र रक्ताम्बर था। वह महाक्रोधी, रणदुर्जय, महान् विशालनयन, किरीट एवं धनुर्धारी, मत्तमातंग सदृश पराक्रमी बल दैत्य तालवृक्ष सदृश विशाल धनुष तथा सुन्दर बाण लेकर गधेजुते तथा सूर्यचिह्नित ध्वजासे अलंकृत रथपर सवार होकर सन्ध्याकालीन सूर्यके समान शोभित होने लगा। ॥ ३७–४० ॥ सजल जलधरके समान भीषणकाय, हेमपट्टविभूषित और शूल-मुद्गर प्रभृति शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण हजारों रथ उसके पीछे-पीछे चले ॥ ४१ ॥ पवनसदृश वेगवान्, विशाल वक्षस्थलयुक्त और विकसित कमलनयन वह दैत्य एक उत्तम रथपर सवार होकर बड़ी द्रुतगतिसे चल पड़ा। देवता भी उसके प्रभावसे परिचित थे ॥ ४२ ॥ तदनन्तर शतशीर्ष, शतोदर, विकटरूप एवं पर्वतसदृश विशालकाय सिंहिकापुत्र राहुने पीत माला तथा पीत वसन धारण करके निर्मल वैदूर्यमणिके सदृश शोभित हो और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मणिभास्वर, शतपताकायुक्त एवं उत्कृष्ट अश्वयुक्त कांचनमय रथपर सवार होकर इस प्रकार भीषण गर्जन किया कि जिससे पृथिवी काँपने लगी ॥ ४३–४६ ॥ उस दानवका हिरण्मय रथध्वज मयदानवके हाथोंका बना था। दैत्यवर राहुका लौहनिर्मित कवच मोरपंखकी तरह था। अतएव वह देखनेमें बड़ा सुन्दर लग रहा था ॥४७॥ जब वह चला तो भयानक वेग तथा शब्दवाले, अतिशय देदीप्यमान एवं विविध शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण अगणित रथ उसके साथ-साथ चल पड़े ॥ ४८ ॥ दीप्त दिवाकर जिस प्रकार अस्ताचलपर गमन करते हैं, उसी तरह असुरश्रेष्ठ राहु शत्रुकी ओर चला ॥२९॥ मनुवंशवर्धन तथा कश्यपपुत्र विप्रचित्ति, जो ब्रह्माजीके समान तेजस्वी, सहस्रों यज्ञोंका अनुष्ठाता, वेदज्ञ एवं तपस्वी था, स्वयम्भू ब्रह्माजीने स्वयं जिसे वरदान दिया था, जो महाअसुर प्रभुत्व, वशित्व और प्राकाश्य सिद्धि प्राप्त कर चुका था, जो दानव ब्रह्माके समान षडैश्वर्यगुणसम्पन्न था, वह महाबली और असाधारण पराक्रमी असुर विप्रचित्ति अपने पुत्रों तथा पौत्रोंके साथ युद्धयात्राके लिए सुसज्जित हो गया ॥ ५०–५२ ॥ उसके सभी पुत्र-पौत्र परम मायावी, वीर, अस्त्रकुशल, रणदुर्जय, कमलके भीतरी

युक्तं परमवाजिभिः ॥ ४५ ॥ आरुरोह रथं दिव्यं दैत्यः परमवीर्यवान् ॥ ननाद च महानादं कम्पयन् वसुधातलम् ॥ ४६ ॥ मयेन विहितो दिव्य-स्तस्य केतुर्हिरण्मयः ॥ मयूरपक्षसंकाशं कवचं चायसं महत् ॥ ४७ ॥ भीमवेगरवैश्चान्यै रथैर्दिव्यैः सुभासुरैः ॥ नानाप्रहरणाकीर्णैः सेव्यमानो महाबलः ॥ ४८ ॥ असुरगणपतिर्गजेंद्रगामी अतिरभसगतिर्महासुराणाम् ॥ अरिगणमभितो विभुः प्रयातो गिरिवरमस्तमिवांशुमान्सुदीप्तः ॥ ४९ ॥ विप्रचित्तिस्तु तत्रैव दनोर्वंशविवर्द्धनः ॥ कश्यपस्यात्मजः श्रीमान्ब्रह्मणस्तेजसा समः ॥ ५० ॥ यष्टा क्रतुसहस्राणां वेदवित्तपसाऽन्वितः ॥ स्वयंभुवा दत्तवरो वरदश्च स्वयंभुवः ॥ ईशित्वं च वशित्वं च प्राकाश्यं च महाद्युतेः ॥ ५१ ॥ ऐश्वर्यगुणसम्पन्नो ब्रह्मेव स्वयमूर्जितः ॥ सार्धं पुत्रैश्च पौत्रैश्च सन्नह्यत महाबलः ॥ ५२ ॥ सर्वे मायाधराः शूराः कृतास्त्रा रणदुर्जयाः ॥ सर्वे कमलवर्णाभा हेमकूटोच्छ्रयोच्छ्रयाः ॥ ५३ ॥ सर्वे रजतसंकाशाः कैलासशिखरोपमाः ॥ मयेन निर्मितास्तेषां सर्वे मायामया रथाः ॥५४॥ विचरन्तो व्यराजन्त शारदा इव तोयदाः ॥ सर्वे हंसध्वजाः श्वेताः श्वेतदण्डसमुच्छ्रयाः ॥ ५५ ॥ श्वेताम्बरधरा दैत्याः श्वेतमाल्यविभूषिताः ॥ श्वेतातपत्राः सर्वे ते श्वेतकुण्डलमण्डिताः ॥५६॥ मुक्ताहारवृतोरस्का भान्ति नाकेश्वरा इव ॥ महाग्रहनिभाकाराः शत्रूणां लोमहर्षणाः ॥५७॥ रक्तचित्राम्बरधराश्चित्राभरणभूषिताः ॥ त्रैलोक्यविजयं नाम रथमास्थाय वीर्यवान्

भागके समान रक्तवर्ण, सुमेरुशिखर सदृश उन्नत, चाँदीकी तरह श्वेतवर्ण और कैलासपर्वतके समान विशाल थे। स्वयं मय दानवने उन सबके लिए मायामय रथोंका निर्माण किया था ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ उनके श्वेतध्वज रथ शरत्कालीन श्वेत मेघकी तरह इधर-उधर भ्रमण करने लगे। उन सभी रथोंपर श्वेतहंसचिह्नित ध्वजायें फहरा रही थीं और उन छत्रोंमें श्वेत दण्ड लगे हुए थे ॥ ५५ ॥ विप्रचित्तिके अनुगामी दानवोंमेंसे सब दानवोंके वस्त्र श्वेत थे। सबके गलेमें श्वेत पुष्पोंकी माला पड़ी थी। सबके मस्तकपर श्वेत छत्र विद्यमान थे। सबके कानोंमें श्वेत कुण्डल विराजमान थे और सबके वक्षःस्थलपर मोतियोंकी माला विराज रही थी। महाग्रहके सदृश आकारसम्पन्न और शत्रुओंके रोंगटे खड़े कर देनेवाले वे दानव देवताओंके समान सुन्दर लग रहे थे ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ दैत्यराज विप्रचित्ति जिस रथपर सवार हुआ, उसकी आकृति कैलास पर्वतके समान थी। उस रथका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

परिमाण आठ नल्व (३२ हाथ) था। उसमें चन्द्रमाके सदृश श्वेत एक हजार घोड़े जुते हुए थे। उसके चारों ओर सैकड़ों ध्वजायें फहरा रही थीं और उस रथमें नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र विद्यमान थे ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ चन्द्रमा तथा कुन्दपुष्प सदृश श्वेत वर्णका विशाल श्वेत छत्र दैत्यवर विप्रचित्तिके ऊपर लगा था। जिससे ऐसा मालूम पड़ा कि मानो धवलागिरिपर चन्द्रोदय हो रहा हो ॥ ६० ॥ नील मेघ सदृश द्युतिसम्पन्न, ताम्रलोचन, महाग्रहाकृति, शत्रुके लिए भयंकर, विचित्र माल्य, विचित्र वस्त्र तथा रक्तवर्ण भूषणधारी शताक्ष, शतबाहु, हरितवर्ण दाढ़ी-मूछधारी, शंकुकर्ण, भीषणमूर्ति केशीनामका दानव महिषसंयुक्त, कोटिघण्टाविराजित, महामेघाकार, रक्तपताकासम्पन्न तथा उष्ट्रध्वज रथपर सवार होकर युद्धयात्राके लिए बाहर निकला ॥ ६१–६५ ॥ इस प्रकार सुसज्जित होकर केशी जब देवताओंसे लड़ने चला तो बावन हजार रथी उसके पीछे-पीछे चले ॥ ६६ ॥ उन सभी दानवोंकी आकृति घुटे हुए

॥ ५८ ॥ कैलासशिखराकारमष्टनल्वायतान्तरम् ॥ युक्तं वाजिसहस्रेण सितेन शिववर्चसा ॥ पताकाशतसंछन्नं नानायुधविकल्पितम् ॥ ५९ ॥ हिमांशुकुन्दप्रतिमं विशालं सितातपत्रं दनुजेश्वरस्य ॥ विभाति तस्योपरि धार्यमाणं श्वेताद्रिमूर्धोपगतः शशाङ्कः ॥ ६० ॥ केशी दानवमुख्यस्तु जिह्मस्ताम्राक्षदर्शनः ॥ नीलमेघचयप्रख्यः कालः पुरुषविग्रहः ॥ ६१ ॥ महाग्रहनिभाकारः शत्रूणां लोमहर्षणः ॥ चित्रमाल्याम्बरधरो रक्ताभरण-भूषितः ॥ ६२ ॥ शताक्षः शतबाहुश्च हरिश्मश्रुर्महाबलः ॥ शंकुकर्णो महानादो वपुषा घोरदर्शनः ॥ ६३ ॥ युक्तं महिषकैर्दिव्यैर्घण्टाकोटिकृतस्वनम् ॥ महावारिधराकारमास्थाय रथमुत्तमम् ॥ ६४ ॥ ध्वजेनोष्ट्रेण महता नीलकेसरवर्चसा ॥ नानारागविचित्राभिः पताकाभिर्विभूषितम् ॥ ६५ ॥ द्विपञ्चाशत्सहस्राणि रथानामुग्रवर्चसाम् ॥ ययुस्तस्यासुरेन्द्रस्य प्रयातस्य सुरान्प्रति ॥६६॥ भान्ति भिन्नाञ्जननिभाः प्रयातस्य महात्मनः ॥ दंष्ट्रा-र्द्धचन्द्रवदनाः सबलाका इवाम्बुदाः ॥ ६७ ॥ ततस्तु वैदूर्यसुवर्णचित्रं विद्युत्प्रभं भास्कररश्मितुल्यम् ॥ किरीटमाभात्यसुरोत्तमस्य दावाग्निदीप्तं शिखरं यथाद्रेः ॥ ६८ ॥ वृषपर्वाऽसुरश्चैव श्रीमांश्च सुरसूदनः ॥ आरुरोह रथं दिव्यं मेरुशृंगमिवांशुमान् ॥ ६९ ॥ प्रवालजाम्बूनदचित्रकूबरं महा-रथं भारसहं महार्हम् ॥ स्वलंकृतं राजतहेमकुण्डलं गभस्तिनक्षत्रतडिन्निकाशम् ॥ ७० ॥ केयूरयुक्तांगदनद्धबाहुः सहस्रतारेण च चर्मणा सः ॥ सांग्रामिकैराभरणैश्च चित्रैर्मध्याह्नसूर्यप्रतिमो बभूव ॥ ७१ ॥ महाबलो बद्धतलाङ्गुलित्रो बलोत्कटः किंशुकलोहिताक्षः ॥ प्रगृह्य चामीकरचारुचित्रं

अञ्जनके सदृश कृष्णवर्ण थी। उनका दन्तविकसित मुख अर्धचन्द्राकार होनेके कारण ऐसा लगता था कि जैसे बगुलियों युक्त मेघमण्डल सुशोभित हो रहा हो ॥ ६७ ॥ दैत्यवर केशीके मस्तकपर वैदूर्य तथा सुवर्णसे विचित्र, विद्युत्प्रभ तथा सूर्यसदृश तेजस्वी मुकुट विद्यमान था। उससे ऐसा प्रतीत होता था कि मानो हिमालय पर्वतके शिखरपर दावानल धधक रहा हो ॥ ६८ ॥ सूर्य भगवान जिस प्रकार सुमेरु पर्वतपर आरूढ़ होते हैं, उसी प्रकार देवान्तक वृषपर्वा बहुमूल्य एवं अतिशय तेजस्वी रथपर सवार हुआ ॥ ६९ ॥ वह रथ अत्यधिक भार सह सकता था और उसकी बनावट बहुत ही सुन्दर थी। उस रथका कूबर उच्चकोटिके सुवर्णसे मढ़ा था। उसके पहिये चाँदीके थे और उस रथकी दीप्ति सूर्यकिरण, नक्षत्र तथा बिजलीके सदृश थी ॥ ७० ॥ वृषपर्वा एक तो केयूर आदि विविध प्रकारके आभूषण पहने हुए था। उसपर भी सहस्रतार कवचसे उसका शरीर आच्छादित था।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अतएव उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो मध्याह्नकालीन सूर्य उदित हो गये हों ॥ ७१ ॥ गोल-गोल, विशाल एवं रक्तवर्ण नेत्रोंवाला वह महाबली असुर इस प्रकार सुसज्जित हो, हाथमें अंगुलित्राण बाँध और एक विचित्र धनुष लेकर रणस्थलके लिए चला ॥ ७२ ॥ इस तरह समस्त दैत्यसेनाके सुसज्जित हो जानेपर असुरराज बलि दैत्योंसे आवेष्टित होकर सुवर्ण तथा वैदूर्यमणिविभूषित अतिविशाल विद्युत्प्रभ षोडशनल्वपरिमाण रथपर सवार हुआ ॥ ७३ ॥ जब दैत्यवर बलि रथपर आरूढ़ हो गया तो विकृताकार, गजानन और वर्षाकालीन मेघके समान भीषण हजारों दैत्य उसके रथकी रक्षाके लिए नियुक्त हुए। उन सभी दैत्योंके वक्षःस्थल सुवर्णके आभूषणोंसे आभूषित थे ॥ ७४ ॥ राजा बलि जिस रथपर आरूढ़ हुआ, देवरथ सदृश वह रथ सहस्रों प्रकारकी मायाओंके विज्ञ मय दानव द्वारा बनाया गया था। उसपर बहुतेरे भेड़ियोंके चित्र बने हुए थे। दैत्योंके रथ बाहर निकल जानेपर राजा बलिका रथ

चापं स्थितो वृत्तविशालनेत्रः ॥ ७२ ॥ महासुरेन्द्रश्च महासुरैर्वृतो बलिस्तथा स्यन्दनमारुरोह ॥ वैदूर्यहेमोपचितं विशालं विद्युत्प्रभं षोडशनल्वमात्रम् ॥ ७३ ॥ युक्तं सहस्रेण दितेः सुतानां गजाननानां विकृताकृतीनाम् ॥ चामीकरोरःस्थलभूषितानां प्रनर्दतां प्रावृषि चाम्बुदानाम् ॥ ७४ ॥ महारथं देवरथप्रकाशं मायासहायेन मयेन सृष्टम् ॥ ईहामृगाक्रीडितभक्तिचित्रं दिव्यं रथं दिव्यरथानुयातम् ॥ ७५ ॥ सकिङ्किणीकं विमलं सुविस्तृतं हिरण्मयैः पद्मशतैरलंकृतम् ॥ अभ्याददे वैजयिकीं जयाय स्रजं बलिर्हेमविचित्रपुष्पाम् ॥ ७६ ॥ आबध्य मालां प्रभया विचित्रां बलिस्तदा भाति भुजैर्विशालैः ॥ रराज तैः सर्वसमृद्धियुक्तैर्महार्चिषा सूर्य इवाम्बरस्थः ॥ ७७ ॥ स्रजं तदा बध्यति चास्य दुर्गां सर्वासुराणामिव हारभूताम् ॥ वैरोचनिः सर्वश्रियाऽभिजुष्टो विभ्राजतेऽसौ शरदीव चन्द्रः ॥ ७८ ॥ मेरोस्तटैर्वा ज्वलनप्रकाशैरादित्यसंयुक्तमिवाभ्रजालम् ॥ प्रासाश्च पाशाश्च हिरण्यबद्धा वर्माणि खड्गाश्च परश्वधाश्च ॥ ७९ ॥ धनूंषि वज्रायुधसप्रभाणि दिव्या गदा वज्रमुखाश्च शक्त्यः ॥ दिव्याश्च खड्गा विशिखाश्च दीप्ता नाराचपूर्णा विविधाश्च तूणाः ॥ ८० ॥ धृता रथे दैत्यवृषस्य तस्य चकाशिरे प्रज्वलिता यथोल्काः ॥ ते चामरापीडधराः सुदंष्ट्राः सुवर्णमुक्तामणिहेमचित्राः ॥८१॥ वीज्यन्ति वालव्यजनैर्विनीता महासुराः स्यन्दनवेदिकास्थाः ॥ अयःशिरा अश्वशिरा दुरापः शिबिर्मतङ्गो विशिराः क्षताक्षः ॥ ८२ ॥ जयो निकुम्भः क्रथनश्च दानवो ररक्षिरे ते दश दानवाधिपम् ॥ पुरश्चराश्चैव सहस्रशोऽसुराः पदातयो दानवराजरक्षिणः ॥ ८३ ॥

बाहर निकला। वह रथ सब रथोंके पीछे-पीछे चला ॥ ७५ ॥ तदनन्तर राजा बलिने किंकिणीजालजटित, हिरण्यमय, शतपद्मधारासे सुशोभित तथा अतिशय रमणीक पुष्पसमन्वित विजयदायिनी माला पहनी ॥ ७६ ॥ एक तो बलि स्वतः विशालबाहु था, उसपर भी उस मनोहारिणी मालाको धारण करनेपर ऐसा भासमान होने लगा कि मानो आकाशमें सूर्योदय हो गया हो, जैसे शारदीय चन्द्रमा उदित हो गये हों अथवा सुमेरु पर्वतके सुनहले शिखरपर सूर्यरागरंजित मेघमण्डल विराजमान हों। प्रास, पाश, चर्म, खड्ग, परश्वध, इन्द्रधनुषके समान विशाल धनुष, दिव्य गदा, हीरकजटित उत्कृष्ट त्रिशूल, तेजस्वी बाण और बाणोंसे परिपूर्ण तरकस आदि जो शस्त्रास्त्र उस रथपर रक्खे गये थे, वे प्रज्वलित महती उल्काके समान सुन्दर लगने लगे। देवताओंके समान कर्णभूषणधारी, सुन्दरदन्त, सुवर्ण-मणि तथा मुक्तामय अलंकारोंसे अलंकृत सेवकगण रथकी वेदीपर बैठकर बलिपर पंखा झलने लगे। अयःशिरा,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वाजिशिरा, दुराप, शिबि, मतंग, विकच, शताक्ष, जय, विकुम्भ और कुपथ ये दस दानव दानवाधिपति बलिकी रक्षाकार्यपर नियुक्त हुए। इनके अतिरिक्त वायुतुल्य वेगवान् अन्यान्य सहस्र-सहस्र दानव पैदल सैनिकवेशमें शतघ्नी, चक्र, अशनि और शक्ति-अस्त्र ले लेकर दानवराज बलिकी रक्षाके लिए चलने लगे। दैत्यराज बलि जब इस प्रकार युद्धके लिए अपनी नगरीसे बाहर निकला तो शंख, घंटा, झर्झर और दुन्दुभिप्रभृति वाद्य एक साथ ऊँचे स्वरसे बजने लगे ॥ ७७–८४ ॥ मंचके मध्यभागपर स्थित, सुवर्णखचित, पताकायुक्त, उन्नत और हिरण्यमय ध्वज सूर्यमण्डल सदृश सुन्दर लग रहा था। कांचनमय और समुन्नत छत्र तथा उसके वक्षःस्थलपर विराजमान स्वर्णमयी मालाकी शोभा वर्णनातीत थी ॥८५॥८६॥ चारों ओर असुरगण दौड़-धूप कर रहे थे और दैत्यपिंगण हाथ जोड़कर बलिकी जयजयकार करते थे। राजा बलिके पुरोहित तथा अन्यान्य शास्त्रवृद्ध ब्राह्मणगण मंत्रजप एवं महौषधियों द्वारा स्वस्त्ययन करने लगे। उस समय दैत्यराज बलि गम्भीर भावसे धनाध्यक्ष कुबेरके समान बड़ी उदारताके साथ ब्राह्मणोंको वस्त्र, गौ, ग्राम, रत्न और निष्कप्रभृति वस्तुयें दान देने

शतघ्निचक्राशनिशक्तिपाणयः प्रजग्मुरग्रेऽनिलतुल्यवेगिनः ॥ घण्टाः सुशब्दास्तपनीयबद्धा आडम्बरा गर्गरडिण्डिमाश्च ॥ ८४ ॥ महारवा दुन्दुभयश्च नेदू रथप्रयाणे दितिजेश्वरस्य ॥ तस्योत्थितः काञ्चनवेदिकाढ्यो हिरण्मयो दिव्यमहापताकः ॥ ८५ ॥ महाध्वजो वै तपनीयनद्धो रराज वीरस्य यथा विवस्वान् ॥ समुच्छ्रितं काञ्चनमातपत्रं स्रक्काञ्चनी वक्षसि चास्य भाति ॥८६॥ समन्ततश्चाप्यसुराश्चरन्ति दैत्यर्षयः प्राञ्जलयो जयन्ति ॥ पुरोहिताः शत्रुवधे समाहितास्तथैव चान्ये श्रुतशीलवृद्धाः ॥ ८७ ॥ जपैश्च मन्त्रैश्च तथौषधीभिर्महात्मनः स्वस्त्ययनं प्रचक्रुः ॥ स तत्र वस्त्राणि शुभाश्च गावः फलानि पुष्पाणि तथैव निष्कान् ॥ ८८ ॥ बलिर्द्विजेभ्यः प्रयतः प्रयच्छन्विराजतेऽतीव यथा धनेशः ॥ सहस्रसूर्यो बहुकिङ्किणीकः पराद्ध्यजाम्बूनदहेमचित्रः ॥ ८९ ॥ सहस्रचन्द्रायुततारकश्च रथो बलेरग्निरिवावभाति ॥ तमास्थितो दानवसंगृहीतं महाबलः कार्मुकधृक्सबाणः ॥ ९० ॥ उद्वर्तयिष्यंस्त्रिदशेन्द्रसेनामतीव रौद्रं स बिभर्ति रूपम् ॥ स वेगवान्वीररथौघसंकुलः प्रयाति देवान्प्रति दैत्यसागरः ॥ ९१ ॥ महार्णवो वीचितरंगसंकुलो यथा जलौघैर्युगसंक्षये तथा ॥ त्रैलोक्यवित्रासकरैर्वपुर्भिस्तान्यग्रतो यान्ति बले रथस्य ॥ महाबलान्युच्छ्रितकार्मुकाणि सपर्वतानीव वनानि राजन् ॥ ९२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि बलेरुद्योगो नामैकपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५१ ॥

लगा। सहस्र सूर्य, सहस्र चक्र, दस हजार नक्षत्र, बहुतेरी किंकिणी एवं उत्कृष्ट स्वर्णचित्रयुक्त राजा बलिका रथ उस समय अग्निके समान शोभित हो रहा था। धनुर्बाणधारी दैत्यराज बलि जब देवसेनाका विनाश करनेके लिए उस रथपर सवार हुआ तो उसकी आकृति और भी भीषण हो उठी। जिस प्रकार तरंगमालासंकुल महासमुद्र लोकविनाशके लिए प्रवाहित हो रहा हो, उसी प्रकार वह भयानक दैत्यसागर देवसेनाका विनाश करनेके लिए बड़े वेगसे प्रवाहित होने लगा। हे महाराज! जब वह दानवोंको विशालवाहिनी इस प्रकार त्रिलोकवित्रासन रूप धारणपूर्वक धनुष तानकर दैत्यराज बलिके रथके आगे खड़ी हुई तो ऐसा लगा कि मानों वनों युक्त अनेकानेक पर्वत खड़े हों ॥ ८७–९२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(देवताओंका युद्धोद्योग) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! मैंने आपको दैत्यसेनाके विस्तारका वृत्तान्त भलीभाँति बता दिया । अब देवसेनाके विषयमें विस्तृतरूपसे बता रहा हूँ, सुनिए ॥१॥ इधर देवराज इन्द्रने मरुद्गण, आदित्यगण, विश्वेदेवगण, साध्यगण, अष्टवसु, यक्ष, राक्षस तथा महोरगगण, विधाधरगण, महारथी गन्धर्वगण, महार्णवगण, शैलगण, महाबली रुद्रगण, जलाधिपति वरुण, महात्मा सिद्धगण, मनस्वी पितृगण, राजर्षिगण और सिद्ध योगिगणोंसे कहा—हे महात्मागण ! आप लोग दैत्योंका विनाश करनेके लिए शीघ्र तैयार हो जाइए ॥ २–६ ॥ देवराजके वचन सुनते ही इन्द्रतुल्य पराक्रमी महात्मा देवतागण तैयारीमें लग गये ॥ ७ ॥ मत्तमातंग सदृश बलवान् देवता विविध प्रकारके कवच, अनेक तरहकी ध्वजायें तथा भाँति-भाँतिके शस्त्रास्त्र धारण करके कुछ देवता बाघोंपर, कुछ हाथियोंपर, कुछ रथों और कुछ बैलोंपर सवार हो गये ॥८॥९॥ इधर हरितश्मश्रु (हरी दाढ़ी-मूँछ) और हरितनेत्र देवराज इन्द्र स्वयं हरितवर्ण अश्वयुक्त ऐरावतध्वज रथपर आरूढ़ होकर युद्धके लिए चले ॥ १० ॥ उनका वह रथ सूर्यवर्ण, स्वच्छ, विस्तृत एवं स्वयं विश्वकर्माके हाथका बनाया हुआ था । उसपर सब सुनहला काम किया हुआ था और चारों ओर स्वर्णमालायें लटक रही थीं ॥ ११ ॥ विशेष विद्युत्प्रभा द्वारा उसका समस्त भाग ताम्रवर्ण था और देखनेमें वह बहुत ही सुन्दर लग रहा था । कैलास पर्वतके शिखर सदृश उन्नत उस रथको देखते ही शत्रु भयभीत होकर भाग जाते थे ॥१२॥ उस रथके सभी अङ्ग देवोचित माल्योंसे परिपूर्ण थे और हजारों प्रज्वलित तारे जगमगाया करते थे । उसकी ध्वजा बहुत ऊँची थी, धुरा अक्षय तथा इतना उज्ज्वल था कि देखनेपर लगता था कि वह जल रहा है ॥ १३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुतस्ते दैत्यसैन्यस्य विस्तरो जनमेजय ॥ भूयस्त्रिदशसैन्यस्य शृणु विस्तरमादितः ॥ १ ॥ सुराधिपस्तु भगवानाज्ञापयत वै सुरान् ॥ मरुद्गणांस्तथादित्यान्विश्वान्देवांश्च वासवः ॥ २ ॥ वसूनष्टौ भृशं सर्वान् यक्षरक्षोमहोरगान् ॥ विद्याधरगणान्सर्वान्गन्धर्वांश्च महाबलान् ॥ ३ ॥ महार्णवांश्च शैलांश्च तथा रुद्रान्महौजसः ॥ यमवैश्रवणौ चोभौ वरुणं च जनाधिपम् ॥ ४ ॥ ये तु सिद्धा महात्मानः पितरश्च मनस्विनः ॥ राजर्षयश्च शतशो योगसिद्धास्तथैव च ॥ ५ ॥ त्रिदशाज्ञापकः शक्र आज्ञापयति वीर्यवान् ॥ भवन्तो दैत्यनाशाय सन्नह्यन्तामिति प्रभुः ॥ ६ ॥ शक्रस्य वचनं श्रुत्वा ततः सर्वे दिवौकसः ॥ सन्नह्यन्त महात्मानः शक्रस्य समविक्रमाः ॥ ७ ॥ नानाकवचिनः सर्वे विचित्रकवचध्वजाः ॥ नानायुधोद्यतकरा मत्ता इव महागजाः ॥ ८ ॥ केचिदारुरुहुर्व्याघ्रान्केचिदारुरुहुर्गजान् ॥ केचिदारुरुहुर्नागान्केचिदारुरुहुर्वृषान् ॥ ९ ॥ हरिनेत्रो हरिश्मश्रुर्हरिदैरावृतध्वजम् ॥ रथं हरिहयैर्युक्तं स प्रायात्समरं प्रति ॥ १० ॥ आदित्यवर्णं विरजं सुधातं त्वष्ट्रा स्वयं निर्मितमीश्वरार्थम् ॥ जालैश्च जाम्बूनदभक्तिचित्रैरलंकृतं काञ्चनदामभिश्च ॥ ११ ॥ सकूबरोपस्करबन्धुरेषं विद्युत्प्रभाभिः कृतमाभिताम्रम् ॥ कैलासशृंगोपममिन्द्रयानं सुचारुचारुर्पातिचक्रचक्रम् ॥ १२ ॥ तारासहस्रैः खचितं ज्वलद्भिर्देवार्हमाल्यार्चितसर्वदेहम् ॥ समुच्छ्रितं श्रीध्वजमक्षयाक्षं प्रज्वाल्यमानं पुरुषोत्तमेन ॥ १३ ॥ आस्थाय तं भास्करमाशुवेगं शचीपतिर्लोकपतिः सुरेशः ॥ वज्रस्य धर्ता भुवनस्य गोप्ता ययौ महात्मा भगवान्महेन्द्रः ॥ १४ ॥ आमुच्य वर्माथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शचीपति, लोकपति और देवेश इन्द्र अग्नि तथा सूर्यसदृश तेजस्वी सहस्र ताराओं युक्त कवच, सूर्यप्रभ किरीट और स्वर्णमयी माला पहनकर उस परम वेगवान् रथपर सवार हुए ॥ १४ ॥ १५ ॥ रथारूढ़ होकर सूर्यकी किरणोंके समान तेजस्वी, महान् असुरोंका रुधिर पान करनेवाला, विश्वकर्माका बनाया शतपर्व वज्रास्त्र तथा महाग्रह जैसी भीषण दो महा अशनि, भयानकरूपसे प्रज्वलित शक्ति, महान् चक्र, धनुष, खड्ग तथा ढाल लेकर युद्धके लिए निकल पड़े ॥ १६ ॥ १७ ॥ सहस्रनेत्र, भूतपति, सनातन, सनातनोंके भी सनातन एवं देवपति महात्मा इन्द्रने एक विचित्र प्रकारका व्याघ्रचर्म भी साथ रख लिया ॥ १८ ॥ पूर्वकालमें देवताओं और दैत्योंके सम्मिलित प्रयत्नसे क्षीरसागरका मन्थन करनेपर जो अमृत निकला था, उस अमृतसे श्रेष्ठ तथा क्षीरसागरसे ही जायमान सूर्य, चन्द्र, नक्षत्रमण्डल तथा विद्युत्से भी अधिक तेजस्वी देवमाता अदितिके दिये हुए कुण्डल आदि उत्कृष्ट आभूषण इन्द्रने धारण

सहस्रतारं हुताशनादित्यसमप्रभावम् ॥ सूर्यप्रभं चामुमुचे किरीटं मालां च जाम्बूनदवैजयन्तीम् ॥ १५ ॥ त्वष्ट्रा कृतं भास्कररश्मिदीप्तं सुतीक्ष्णघो-
रामलतीव्रधारम् ॥ महासुराणां रुधिरार्द्रमुग्रं प्रगृह्य वज्रं शतपर्व भीमम् ॥ १६ ॥ महाशनी द्वे च महामहाभे दीप्तामभोघां च स शक्तिमुग्राम् ॥ चक्रं
तथैन्द्रं सुमहत्प्रतापं प्रगृह्य शक्रः प्रययौ रणाय ॥ १७ ॥ सहस्रदृग्भूतपतिः सनातनः सनातनानामपि यः सनातनः ॥ खड्गं च देवाधिपतिर्महात्मा
वैयाघ्रमादाय च चर्म चित्रम् ॥ १८ ॥ क्षीरोदधिक्षोभसमुच्छ्रितानि पुरामृतादुत्तमभूषणानि ॥ देवासुराणां समनिर्जितानि सोमार्कनक्षत्रतडित्प्रभाणि
॥ १९ ॥ दत्तान्यदित्या मणिकुण्डलानि युद्धं प्रयातस्य सुरेश्वरस्य ॥ तैर्भूषितो भाति सहस्रचक्षुरुद्द्योतयन्वै विदिशो दिशश्च ॥ २० ॥ हरिः
प्रभुर्नेत्रसहस्रचित्रो विभाति युद्धाभिमुखः सुरेन्द्रः ॥ यथा सितं शारदमभ्रकल्पं नभस्तलं ऋक्षसहस्रचित्रम् ॥ २१ ॥ स्तुवन्ति यान्तं विपुलैर्व-
चोभिर्जयाशिषा चोर्जितसत्त्ववीर्यम् ॥ अत्रिर्वसिष्ठो जमदग्निरुर्वो बृहस्पतिर्नारदपर्वतौ च ॥ २२ ॥ तमन्वयुर्देवगणा महेन्द्रं प्रयान्तमादित्यसमानव-
र्चसम् ॥ विश्वे च देवा मरुतस्तथैव साध्यास्तथाऽऽदित्यगणाश्च सर्वे ॥२३॥ ते देवराजस्य पुरंदरस्य हयाश्च ये मातलिसंगृहीताः ॥ प्रयान्ति देवे-
श्वरमुद्वहन्तो नभस्तलं पद्भिरिवाक्षिपन्तः ॥ २४ ॥ ब्रह्मर्षयश्चैव महर्षयश्च राजर्षयश्चाक्षयपुण्यलोकाः ॥ सर्वेऽनुजग्मुः सहसा ज्वलन्तं तेजोऽन्वितं
शक्रममित्रसाहम् ॥ २५ ॥ प्रगृह्य शूलांश्च परश्वधांश्च दीप्तानि चापान्यशनीर्विचित्राः ॥ वर्माणि चामुच्य हिरण्मयानि प्रयान्ति सूर्यांशुसमप्रभाणि

किया । इन आभूषणोंको पहिनकर जब देवराज इन्द्र युद्धके लिए अपने भवनसे बाहर निकले तो सभी दिशायें उनके तेजसे आलोकित हो उठीं ॥१९॥२०॥ उस समय उनका रूप देखकर ऐसा ज्ञात होने लगा कि हजारों नक्षत्रोंसे देदीप्यमान सुनिर्मल शारदीय आकाशमण्डलमें सहसा श्वेत मेघमण्डल उमड़ आये हों ॥ २१ ॥ अत्रि, वसिष्ठ, जमदग्नि, बृहस्पति, नारद और पर्वत प्रभृति ऋषिगण जयजयकार करते हुए आशीर्वाद दानपूर्वक उनकी स्तुति करने लगे ॥ २२ ॥ विश्वेदेवगण, मरुद्गण, साध्यगण तथा आदित्यगणप्रभृति देवता सूर्यसदृश तेजस्वी इन्द्रके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ २३ ॥ सारथी मातलि द्वारा हाँके जाने हुए घोड़े जिस समय इन्द्रको लेकर दौड़ने लगे तो ऐसा प्रतीत होने लगा कि मानों वे अपने पैर आकाशमें फेंकते हुए उड़े जा रहे हों ॥ २४ ॥ सभी ब्रह्मर्षि, देवर्षि और पुण्यश्लोकगण शूल, परशु, दीप्त शरासन, अशनि और सूर्यकिरण सदृश दीप्तिमान् सुनहले कवच धारण करके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शत्रुनाशन इन्द्रके पीछे-पीछे दौड़ पड़े ॥ २५ ॥ २६ ॥ धनाध्यक्ष कुबेर तेजस्विनी गदा लेकर हजार घोड़े जुते, अति सुदृढ़ तथा बहुमूल्य रथपर आरूढ़ होकर युद्धयात्राके लिए चले ॥ २७ ॥ अग्नि तथा धुएँके रुद्दश आकारसम्पन्न एवं लाल नेत्रवाले निशाचर तथा राक्षसश्रेष्ठगण भी विविध प्रकारके बड़े-बड़े शस्त्रास्त्र धारण करके उन रुद्रसखा कुबेरके आगे-आगे दौड़ने लगे ॥ २८ ॥ बड़े-बड़े यक्षगण प्रास, तलवार तथा गदा हाथमें ले-लेकर अपने प्रभु कुबेरकी रक्षा करने लगे ॥ २९ ॥ पुण्यात्मा, परम धार्मिक एवं प्राणसंहारक वैवस्वत यम शत-शत विद्युत्सदृश तेजस्वी एवं शत अश्वसंयुक्त सूर्यके समान रथपर आरूढ़ हुए ॥३०॥ उग्र तपस्यासे देदीप्यमानकलेवर, निष्पाप पितृगण एवं भुवनप्रधान भूतगण नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र धारण करके उन लोकपाल यमराजके पीछे-पीछे चले ॥ ३१ ॥ उस समय व्याधिपति यमराज अपने गलेमें मनोहर स्वर्णमयी माला धारण करके असुरोंका विनाश करनेके विचारसे अस्थि, मेद,

॥ २६ ॥ तथा कुबेरोऽश्वसहस्रयुक्तं श्रेष्ठं रथं सर्वसहं महार्हम् ॥ दिव्यं समारुह्य रणाय यातो धनेश्वरो दीप्तगदाग्रहस्तः ॥ २७ ॥ निशाचराः पावकधूमकाया रक्षोवृषा रुद्रसखस्य तस्य ॥ विशालनानायुधदीप्तहस्ता यान्त्यग्रतो वैश्रवणस्य राज्ञः ॥ २८ ॥ ते लोहिताक्षाः परिवार्य देवं व्रजन्ति भिन्नाञ्जनचूर्णवर्णाः ॥ यशोत्तमा यक्षपतिं धनेशं रक्षन्ति वै पाशगदासिहस्ताः ॥ २९ ॥ पुण्यः प्रभुः प्राणपतिर्जितात्मा वैवस्वतो धर्मभृतां वरिष्ठः ॥ तडिद्गुणाभं शतवाजियुक्तं रथं समारोहत सूर्यकल्पम् ॥ ३० ॥ तं लोकपालं पितरोऽनुजग्मुर्विविक्तपापा ज्वलितास्तपोभिः ॥ सर्वे च भूता भुवनप्रधाना नानायधव्यग्रकराः सुभीमाः ॥ ३१ ॥ दण्डं महास्त्रं परिगृह्य देवो लोकाङ्कुशं निग्रहनिश्चितार्थम् ॥ हिरण्मयानां कमलोत्पलानां मालां मनोज्ञामवसज्य कण्ठे ॥ ३२ ॥ स्थितोऽस्थिमेदामिषलोहितार्द्रं सर्वासुराणां निधनं विरूपम् ॥ तेजोमयं मुद्गरमुग्ररूपं विकर्षमाणोऽरुणधूम्रनेत्रः ॥ ३३ ॥ समन्वितो व्याधिशतैरनेकैर्ययौ हरिश्मश्रुरुदारसत्त्वः ॥ महासुराणां निधनाय बुद्धिं चक्रे तदा व्याधिपतिः कृतान्तः ॥ ३४ ॥ ततस्त्रिशीर्षैर्भुजगैर्बृहद्भिर्युक्तं रथं हेमचितं महात्मा ॥ आस्थाय कुन्देन्दुनिभं जलेशो ययौ रणायासुरदर्पहन्ता ॥ ३५ ॥ वैदूर्यमुक्तामणिभूषिताङ्गस्तेजोमयः पाशगृहीतहस्तः ॥ महासुराणां निधनाय देवः प्रयाति रूप्याङ्गदबद्धबाहुः ॥३६॥ कैलासशृङ्गप्रतिमोऽप्रमेयः समुद्रनाथोऽमृतपो महात्मा ॥ महोरगैः स्वैस्तनयैश्च गुप्तो ययौ रथेनार्कसमप्रभेण ॥३७॥ युद्धाय तं यान्तमदीनसत्त्वं नभस्तले चन्द्रमिवार्तिकान्तम् ॥ पश्यन्ति भूतानि महानु-

मांस तथा शोणितलिप्त भीषण मुद्गर और महान् अस्त्रदण्ड धारण करके व्याधिगणके साथ दौड़ चले ॥ ३२–३४ ॥ असुरोंका गर्व खर्व करनेवाले जलाधिपति वरुणदेव अत्यन्त विशाल, तीन मस्तकोंवाले सर्पोंयुक्त, कुन्द-इन्दुसदृश देदीप्यमान तथा सुवर्णखंचित रथपर सवार होकर असुरोंका संहार करनेके लिए चले ॥ ३५ ॥ उनके हाथमें पाशास्त्र, रौप्यमय केयूर, अङ्गोंमें वैदूर्यमणि एवं नाना प्रकारके मुक्तामय आभूषण विद्यमान थे ॥ ३६ ॥ चलते समय जलदेवतागण तथा विविध जलजन्तु उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए चले। विशाल आकारके भुजंग तथा महर्षिगण उनकी स्तुति करने लगे। कैलासशिखर सदृश अमेयस्वरूप, अमृतपायी तथा महात्मा समुद्रनाथ वरुणदेव सूर्यसदृश तेजस्वी रथपर आरूढ़ होकर आकाशमार्गसे चले। उनके पुत्रगण उनकी रक्षाके कार्यपर नियुक्त थे ॥ ३७ ॥ उत्कट साहससम्पन्न एवं चन्द्रमाके समान मनोहरमूर्ति समुद्रनाथ वरुणदेव जब आकाशमार्गसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

युद्धयात्राको चले तो सभी जीव चमत्कृत तथा रोमाञ्चित होते हुए हाथ जोड़कर उनकी ओर निहारने लगे ॥ ३८ ॥ इस प्रकार धाता, अर्यमा, अंश, भग, विवस्वान्, पर्जन्य, मित्र, चन्द्रमा, त्वष्टा, विश्वकर्मा, पूषा और देवराज इन्द्र प्रभृति सभी देवता उरश्छद, ध्वज, किंकिणी, वैदूर्यमणि तथा स्वर्णविभूषितकलेवर इन्द्राश्वसदृश उत्कृष्ट घोड़ोंयुक्त रथपर आरूढ़ हो-होकर चले ॥ ३९ ॥ ४० ॥ उनमेंसे किसी-किसीके कवचकी दीप्ति सूर्यके समान, किसी-किसीका तेज चन्द्रमासदृश, किसी-किसीका कवच विद्युत्के समान, किसी-किसीका नीलवर्ण मेघसदृश और किसी-किसीका कवच कृष्णवर्ण लौहके समान चमक रहा था। उन सभी महाप्रभ कवचोंको स्वयं विश्वकर्माने बनाया था ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ इस प्रकार वायु तथा जलतुल्य वेगवान् वीरगण स्वर्णकमलकी माला धारण करके युद्धयात्राको चल पड़े। परम रूपवान्, परम धर्मात्मा और अतिशय तेजस्वी अश्विनीकुमार सुवर्णचित्रित रथपर सवार होकर युद्धके लिए चले।

भावं संहृष्टरोमाणि कृताञ्जलीनि ॥ ३८ ॥ धातार्यमांशोऽथ भगो विवस्वान्पर्जन्यमित्रौ च शशी च देवः ॥ त्वष्टा तथैवोर्जितविश्वकर्मा पूषा च साक्षा-
दिवि देवराजः ॥३९॥ सौरच्छदैः सध्वजकिङ्किणीकैर्वैदूर्यनिष्कैश्रितहेमकण्ठैः ॥ हयैर्वरैः शक्ररथप्रकाशैर्युक्तान्रथानारुरुहुः सुरास्ते ॥ ४० ॥ दिवा-
कराकारनिभानि केचिद्धुताशनार्चिःप्रतिमानि केचित् ॥ निशाकरांशुप्रतिमानि केचित्तडिद्गणोद्द्योतनिभानि केचित् ॥ ४१ ॥ नीलांशुमेघप्रतिमानि
केचित्कार्ष्णायसाकारनिभानि केचित् ॥ वर्माणि दिव्यानि महाप्रभाणि त्वष्ट्रा कृतान्युत्तमभानुमन्ति ॥ ४२ ॥ आमुच्य मालाश्च सुवर्णपुष्पाः प्रयान्ति
तोयानिलतुल्यवेगाः ॥ द्वावश्विनौ चैव महानुभावौ रूपोत्तमौ धर्मभृतां वरिष्ठौ ॥ ४३ ॥ रथं समारुह्य सुवर्णचित्रं रणं गतौ काञ्चनतुल्यवर्णौ ॥ भानोः
सुता वै वसवश्च सर्वे बलोत्कटा दैत्यवधाय देवाः ॥४४॥ रथांश्च नागांश्च महाप्रमाणानास्थाय जग्मुः सुशुभास्त्रहस्ताः ॥ रुद्राश्च सर्वेऽरुणधूमवर्णाः
श्वेतैर्ययुर्गोपतिभिर्बृहद्भिः ॥ ४५ ॥ महौजसः सर्वगुणोपपन्ना दीप्तात्मनो भाभिरिव ज्वलन्तः ॥ नानायुधव्यग्रकरैर्भुजैस्तैर्लोकान्समस्तानिव
निर्दहन्तः ॥ ४६ ॥ ययुः ससैन्यास्तपनीयनद्धाः सविद्युतस्तोयधरा यथैव ॥ विश्वे च देवास्तपसा ज्वलन्तो वीर्योत्तमाः सूर्यमरीचिवर्णाः
॥ ४७ ॥ ययुः ससैन्या युधि दुर्निवार्या बलोत्कटाः पद्मसहस्रमालाः ॥ रथैः सुयुक्तैस्तपनीयवर्णैर्वैदूर्यमुक्तामणिदामचित्रैः ॥ ४८ ॥ नानावि-

परम रूपवान्, परम धर्मात्मा और अतिशय तेजस्वी दोनों अश्विनीकुमार सुवर्णचित्रित रथपर सवार होकर युद्धके लिए चले। वैवस्वत मनुके पुत्र बलदर्पित वसुगण भी सानपर चढ़ाकर तेजकी हुई तलवार हाथमें लेकर कुछ रथपर और कुछ हाथीकी पीठपर सवार होकर दानवोंका वध करनेके लिए दौड़ पड़े ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ अरुण तथा धुएँ सदृश आकृतिसम्पन्न रुद्रगण श्वेतवर्णके वृषभोंपर सवार हो-होकर युद्धके लिए चले ॥४५॥ महाबली और सर्वगुणसम्पन्न वे देवता जिस समय शस्त्रास्त्र धारण करके युद्धके लिए चले तो ऐसा लगा कि उनके तेजसे सभी लोक भस्म हो जायँगे ॥ ४६ ॥ विद्युद्विराजित मेघमालाके समान स्वर्णहारभूषित अपनी-अपनी सेनाके साथ वे युद्धके लिए चले। तपस्यासे देदीप्यमानकलेवर, सूर्यकिरणसदृश वर्णोंवाले, रणदुर्निवार, महाबली और परम पराक्रमी विश्वेदेवगण भी अपनी सेनाके साथ युद्धके लिए निकल पड़े। उनके रथोंमें वैदूर्यमणि, मुक्ता तथा सुवर्णकी पच्चीकारी की हुई थी ॥४७॥४८॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन सबके छत्र सुनहली कारीगरीसे इस प्रकार सजे हुए थे कि उन्हें देखकर प्रतीत होता था कि मानो आग धधक रही हो ॥४९॥ उरश्छद, ध्वज तथा किंकिणी द्वारा सुशोभित वायुतुल्य वेगवान् उन रथोंके घोड़े थे । कैलासशिखर सदृश उन्नत, महाबली तथा पराक्रमी सभी दिग्गज उनके साथ-साथ चलने लगे ॥५०॥ देदीप्यमान शस्त्रास्त्र हाथमें लेकर वे देवता जब वेगके साथ चले तो ऐसा लगा कि मानो युगान्तकालीन प्रज्वलित महती उल्कायें बड़े वेगसे गिर रही हों । स्वाधीन चक्र तथा उज्ज्वल मुखकान्तिवाले साध्यदेवगण भी स्वर्णिम आभूषणोंसे आभूषित होकर आकाशमार्गसे चले तो ऐसा लगा कि मानो भगवती भागीरथीकी तरंगें वेगके साथ प्रवाहित हो रही हैं ॥५१॥ उनके गमनकालमें सभी दिशा-विदिशायें उद्भासित हो उठीं ।

धाकारसमाकुलास्ते पारिप्लवैश्चैव सितातपत्रैः ॥ तेजोमयैः काञ्चनचारुचित्रैः सुनिर्मलैः पावकसन्निभास्ते ॥ ४९ ॥ उरच्छदैः सध्वजकिङ्किणी-कैर्हयैश्च वायोः समवेगवद्भिः ॥ दिशां गजैश्चैव महाबलैस्तैः कैलासशृङ्गप्रतिमैर्महद्भिः ॥ ५० ॥ प्रजग्मुरुग्रायुधचापहस्ताश्चतुर्युगान्ते ज्वलिता इवो-ल्काः ॥ साध्याश्च देवाः सुमहाप्रभावाः स्वाधीनचक्राः प्रतिदीप्तवक्त्राः ॥ प्रयान्ति जाम्बूनदभूषितांगा गांगौघमात्रैर्गगनैर्बलौघैः ॥ ५१ ॥ विद्यो-तयन्तो विदिशो दिशश्च महाबलास्ते जयतां वरिष्ठाः ॥ वरिष्ठपुष्टौष्ठभुजाः सुदृप्ता वैश्वानरार्कप्रतिमप्रभावाः ॥ ५२ ॥ ते ब्रह्मविद्भिश्च नमस्य-मानाः संपूज्यमानाश्च सुरैः सशक्रैः ॥ गन्धर्वसंघैरनुगम्यमाना वधाय तेषामसुराधिपानाम् ॥ ५३ ॥ वैदूर्यवज्रस्फटिकाग्रचित्रैर्ध्वजैः सुवर्णैश्च परि-ष्कृतानाम् ॥ रूपं बभौ चोत्कटभूषणानां दैत्येन्द्रनाशाय विभूषितानाम् ॥ ५४ ॥ आत्मप्रभाभिश्च रणोत्कटाभिर्वर्मप्रभाभिश्च तमोनुदाभिः ॥ ध्वजो-त्तमाभिः स्वशरीरभाभिर्महाप्रभाभिश्च महोज्ज्वलाभिः ॥ ५५ ॥ विभान्ति ते देववराःससाध्याः प्रध्मातशंखस्वनसिंहनादाः ॥ ५६ ॥ महारथस्था-स्त्रिदिवौकसस्ते महाबलाः शत्रुबलं प्रयान्ति ॥ महास्त्रहस्ता ययुरुग्रकाया महासुराणां निधनाय देवाः ॥ ५७ ॥ तथैव सर्वे महतोऽतिवीर्या बलो-त्कटास्ते समरं प्रतीताः ॥ ययुर्महामेघसमानवर्णाश्चकायुधास्तोयदनादनादाः ॥ ५८ ॥ महेन्द्रकेतुप्रतिमा महाबलाः प्रगृह्य सर्वासुरसूदनां गदाम् ॥ रणोत्कटा लोहितचन्दनाक्ताः सहेममाल्याम्बरभूषितांगाः ॥ ५९ ॥ ते युद्धशौण्डाः सुभुजास्त्रवीर्या बलोत्कटाः क्रोधविलोडिताक्षाः ॥ ययुः सजाम्बूनदपद्ममाला यथेष्टनानाविधकामरूपाः ॥ खड्गप्रभाश्यामलितांसपीठाः पुरंदरं वै परिवार्य देवाः ॥ ६० ॥ वैदूर्यचामीकरचारुरूपाण्यावध्य

इन्द्रादि देवता उनकी पूजा करने लगे । गन्धर्वगण उनके पीछे-पीछे चले । दैत्योंके विनाशार्थ उन सबकी आकृति बड़ी भीषण हो उठी । उन देवताओं और साध्योंकी शारीरिक दीप्ति, कवचकी कान्ति और ध्वजाकी प्रभा असीम थी । चारों ओर शंखध्वनि और सिंहगर्जन होने लगा ॥ ५२–५६ ॥ वे महाबली, परम पराक्रमी तथा महारथी देवता इस प्रकार भली भाँति सुसज्जित होकर शत्रुपक्षकी ओर बड़े वेगसे चले ॥ ५७ ॥ उन महामेघाकार तथा मेघसदृश गम्भीर शब्दसम्पन्न देवताओंमेंसे सभी देवता रणवीर, सभी महाबाहु, सभी रक्तचन्दनसे चर्चित, सब अपने-अपने अभिलषित आभूषणोंसे आभूषित और सभी सुगन्धित माला तथा सुगन्धित वस्त्रोंसे अलंकृत थे । उन सबके नेत्र लाल थे । उन सबके अंगोंमें दैत्यास्त्रोंको निवारण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेवाले वैदूर्य तथा स्वर्णखचित तेजस्वी कवच पड़े हुए थे। उन सबकी पीठ और उनका स्कन्धप्रदेश खड्गकी प्रभासे श्यामवर्ण था। उन सबके गलेमें सुवर्णकमलकी माला पड़ी हुई थी और सबके हाथोंमें असुरमर्दिनी गदा विद्यमान थी। इस प्रकार वे सभी देवसैनिक सुसज्जित हो तथा देवराज इन्द्रको चारों ओरसे घेरकर सिंहनाद करते हुए असुरोंका वध करनेके लिए चले ॥ ५८–६३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणो' भाषाटीकायां द्विपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५२ ॥

(देवासुरसंग्राममें सनकादिक मुनियोंका आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर जैसे सभी समुद्र सीमाका अतिक्रमण करके परस्पर आ मिलें, उसी प्रकार उभयपक्षके सैनिक रणभूमिमें पहुँचकर अतीव आश्चर्यजनक तथा घोरतर युद्ध करने लगे ॥ १ ॥ विविध शस्त्रास्त्रोंसे तेजस्वी अंगोंयुक्त, विस्तृतकवचधारी, हाथीकी सूँड़सदृश विशालबाहु,

गात्रेषु महाप्रभाणि ॥ वर्माणि दैत्यास्त्रनिवारणानि प्रयान्ति युद्धाय सपत्नसाहाः ॥ ६१ ॥ तैरुत्थितैः काञ्चनवेदिकाद्यैर्वरध्वजैर्भास्कररश्मिवर्णैः ॥ ययौ सुराणां पृतनोग्रभासा समुन्नदन्ती युधि सिंहनादम् ॥ ६२ ॥ इत्येवमुक्तं त्रिदिवेश्वरस्य सैन्यं तदासीत्सुमहत्प्रभावम् ॥ युद्धं प्रयातस्य जयावहस्य वधाय तेषामसुराधिपानाम् ॥ ६३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे द्विपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रवृत्तोऽसुरदेवविग्रहस्तदद्भुतो भाति सुरासुराकुलः ॥ वेलामतिक्रम्य युगान्तकाले महार्णवान्योन्यमिवाश्रयन्तः ॥ १ ॥ नानायुधोद्द्योतविदीपितांगा महाबला व्यायतकार्मुकास्ते ॥ रणोत्सुका वारणहस्तहस्ताः सुदुर्जयास्तोयदनादनादाः ॥ २ ॥ विस्फारयन्तः सहसा धनूंषि चक्राणि चादित्यसमप्रभाणि ॥ समुत्क्षिपन्तो ह्यशनींश्च घोरान्खड्गांश्च ते वज्रमुखाश्च शक्तीः ॥ ३ ॥ महागदाः काञ्चनपट्टनद्धास्तथायसान्कार्मुकमुद्गरांश्च ॥ शूलांश्च वृक्षांश्च विगृह्य दीप्तान्नदन्ति शूराः शतशो रणस्थाः ॥ ४ ॥ एतस्मिन्नन्तरे तेषामन्योन्यमभिनिघ्नताम् ॥ द्वन्द्वयुद्धान्यवर्त्तन्त देवानां दानवैः सह ॥ ५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ मरुतां पञ्चमो यस्तु स बाणेनाभ्ययुध्यत ॥ महाबलः सुरवरः सावित्र इति यं विदुः ॥ ६ ॥ अनायुषायाः पुत्रस्तु बलो नाम महासुरः ॥ सोऽयुध्यत रणेऽत्युग्रो ध्रुवेण वसुना सह ॥ ७ ॥ नमुचिश्चासुरश्रेष्ठो धरेण सह युध्यतः ॥ प्रवरौ विश्वकर्माणौ ख्यातौ देवासुरेश्वरौ ॥ ८ ॥ पुलोमा तु महादैत्यो वायुना सह युध्यत ॥ ससैन्यः पर्वताकारो रणेऽयुध्यत दंशितः ॥ ९ ॥ हयग्रीवस्तु दितिजः सह पूष्णा त्वयुध्यत ॥ शूरेणामितवीर्येण भास्कराकारवर्चसा ॥ १० ॥ शम्बरस्तु महादैत्यो महामायो महासुरः ॥

रणदुर्जय, महाबली और परम पराक्रमी वीरगण अपने-अपने भीषण धनुषोंको तानकर सूर्यसदृश तेजस्वी चक्र, भयानक अशनि, खड्ग, वज्रमुख शक्ति, कांचनखचित गदा, मुद्गर, शूल तथा वृक्षोंसे प्रहार करके भयंकर गर्जन करने लगे ॥२–४॥ इस प्रकार युद्ध होते-होते उभयपक्षमें द्वन्द्व युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ५ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! मरुद्गणोंमेंसे पंचम वीर सुरवर सावित्र बाणके साथ, एकवसु ध्रुव अनायुषापुत्र महासुर बलके साथ और बलवान् वासुदेव महाबली एवं परम पराक्रमी पर्वताकार महादैत्य पुलोमाके साथ लड़ने लगे ॥६॥७॥ सुरवर धर मुँह बाये यमराजके समान भयङ्कर आकृतिवाले नमुचिके साथ, विश्वकर्मा मयदानवके साथ, हयग्रीव भास्करसदृश अमित तेजस्वी वीरवर पूषाके साथ, महामायावी महाबली शम्बरासुर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगके साथ, दैत्योंमें सूर्य तथा चन्द्रमासदृश देदीप्यमान शरभ और शलभ शिशिरास्त्र द्वारा चन्द्रदेवके साथ लड़ने लगा ॥ ८–१२ ॥ बलवान् राजा बलिका पिता महाबली विरोचन साध्य तथा बिष्वक्सेनके साथ भिड़ गया ॥ १३ ॥ हिरण्यकशिपुतनय कुजम्भ प्रासास्त्र लेकर अंशके साथ जूझने लगा ॥१४॥ देदीप्यमान मुखकान्तिसम्पन्न महाअसुर असिलोमा पर्वतास्त्र लेकर वायुसे लड़ने लगा ॥ १५ ॥ अनायुपाका पुत्र वृत्रासुर दववैद्य दोनों अश्विनीकुमारोंके साथ, हाथमें चक्र धारण किये दैत्यवर एकचक्र साध्यदेवके साथ और मधुसदृश पीले नेत्रोंवाला वृत्रभ्राता महान् असुरवर मृगव्याध रुद्रदेवके साथ लड़ने लगा । १६–१८॥ विकृताकार शतशीर्ष महोदर राहु अजैकपादके साथ और वर्षाकालीन मेघसदृश कृष्णकाय दानवश्रेष्ठ

भगेनायुध्यत तदा सहितो युद्धदुर्मदः ॥ ११ ॥ शरभः शलभश्चैव दैत्यानां चन्द्रभास्करौ ॥ प्रयुद्धौ सह सोमेन शैशिरास्त्रेण धीमता ॥ १२ ॥
विरोचनस्तु बलवान्बलेर्बलवतः पिता ॥ विष्वक्सेनेन साध्येन देवन च स युध्यत ॥१३॥ कुजम्भस्तु महातेजा हिरण्यकशिपोः सुतः ॥ अंशेनायुध्यत
तदा प्रासप्रहरणेन वै ॥ १४ ॥ असिलोमा तु बलिना मारुतेन समं विभो ॥ तदायुध्यत दीप्तास्यो विकृतः पर्वतायुधः ॥ १५ ॥ अनायुषायाः
पुत्रस्तु वृत्रो नाम महासुरः ॥ अश्विभ्यां देववैद्याभ्यां सहायुध्यत संयुगे ॥ १६ ॥ एकचक्रस्तु दितिजश्चक्रहस्तो दुरासदः ॥ सहायुध्यत देवेन
साध्येन दितिजारिणा ॥ १७ ॥ बलस्तु मधुपिङ्गाक्षो वृत्रभ्राता महासुरः ॥ मृगव्याधेन रुद्रेण सहायुध्यत वीर्यवान् ॥१८॥ राहुस्तु विकृताकारः
शतशीर्षा महोदरः ॥ अजैकपादेन रणे सहायुध्यत दंशितः ॥ १९ ॥ केशी तु दानवश्रेष्ठः प्रावृट्कालाम्बुदप्रभः ॥ धनेश्वरेण भीमेन सहायुध्यत
संयुगे ॥ २० ॥ वृषपर्वा तु बलिना निकुम्भेन महारणे ॥ विश्वेदेवेन विश्वेशः सहायुध्यत वीर्यवान् ॥ २१ ॥ प्रह्रादस्तु महावीर्यो वीरैः
स्वैस्तनयैर्वृतः ॥ युयुधे सह कालेन रणे काल इवापरः ॥ २२ ॥ अनुह्रादः कुबेरेण धनदेन महारणे ॥ गदाहस्तेन युयुधे शोभयत्रिपुवाहिनीम्
॥ २३ ॥ विप्रचित्तिस्तु दैतेयो वरुणेन महात्मना ॥ प्रवृत्तो वै रणं कर्तुं दैत्यानां नन्दिवर्धनः ॥ २४ ॥ बलिस्तु सह शक्रेण सुरेशेन महात्मना ॥
युयुधे देवराजेन बलिना बलवान्रणे ॥ २५ ॥ शेषा देवाश्च दैत्याश्च जघ्नुरन्योन्यमाहवे ॥ विनर्दन्तो महानादान्प्रासासिशरशक्तिभिः ॥२६ ॥
अदृश्यन्त महोत्पाता ये प्रोक्ता जगतः क्षये ॥ मारुताः सप्त ते क्षुब्धा व्यशीर्यन्त महीधराः ॥ २७ ॥ सप्त चैवोत्थिताः सूर्याः शोषयन्तो

केशी महाबली कुबेरके साथ रणभूमिमें जूझने लगा ॥१९॥२०॥ वृषपर्वा तथा विश्वेदेव निकुम्भके साथ और कालके सदृश काल रणभूमिमें डटकर पुत्रपरिवेष्टित प्रह्लादके साथ लड़ने लगे ॥ २१ ॥ २२ ॥ महात्मा वरुण दैत्यराज विप्रचित्तिके साथ और महाबली धनाध्यक्ष कुबेर शत्रुसेनाको अलंकृत करनेवाले अनुह्रादके साथ भिड़ गये ॥ २३ ॥ २४ ॥ देवराज इन्द्र महाबली राजा बलिके साथ लड़ने लगे ॥ २५ ॥ अवशिष्ट देवता और दानवगण प्रास, असि, शक्ति और बाण लेकर महान् सिंहनाद करते हुए परस्पर एक दूसरेपर निर्मम प्रहार करने लगे ॥ २६ ॥ हे महाराज ! प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जो अमंगलसूचक दुश्चिह्न दिखायी देते हैं, वे सभी दुश्चिह्न उस समय लक्षित होने लगे । सातों पवन सहसा क्षुब्ध हो उठे और पर्वत

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वतः विदीर्ण होने लगे ॥ २७ ॥ सप्त सूर्य उदित होकर सभी समुद्रोंको सुखाने लगे और वायुके वेगसे पृथिवी विदीर्ण होने लगी ॥ २८ ॥ भीषण इन्द्रधनुषयुक्त महामेघ चारों ओरसे घिर आये। सहसा सब लोग करुणक्रन्दन करने लगे। सभी दिशायें अन्धकाराच्छन्न हो गयीं, जिससे कुछ भी देखना दूभर हो गया ॥ २९ ॥ इन उत्पातोंको देखकर ऐसा लगने लगा कि कराल कालने देवताओंके पराजयकी घड़ी समीप ला दी है ॥ ३० ॥ समस्त पृथिवी, दसों दिशायें, आकाशमण्डल तथा सूर्यमण्डल धूलसे भरकर अलक्षित हो गये। वायु पूर्ण उच्छृङ्खलताके साथ बहने लगी और सभी दिशायें धुएँ तथा अन्धकारसे ढँक गयी ॥ ३१ ॥ ये तथा इनके अतिरिक्त और भी बहुतेरे उत्पात भूतल, आकाशमण्डल एव अन्यान्य दिशा-विदिशाओंमें दिखायी देने लगे ॥ ३२ ॥ पद्मयोनि ब्रह्मा सहस्र मणिमय स्तम्भ तथा सहस्र जीवयुक्त अतिशय तेजस्वी रथपर सवार होकर उन देवताओं और दैत्योंका

महार्णवान् ॥ बहुनाऽभिद्यत धरा वायुना मथिता यथा ॥ २८ ॥ व्युत्थिताश्च महामेघाः शक्रचापांकितोदराः ॥ प्रणेदुः सर्वभूतानि सर्वाः सतिमिरा दिशः ॥ २९ ॥ देवानामजयो घोरो दृश्यते कालनिर्मितः ॥ घोरोत्पातः समुद्भूतो युगान्तसमये यथा ॥ ३० ॥ न ह्यन्तरिक्षं न दिशो न भूमिर्न भास्करोऽदृश्यत रेणुजालैः ॥ ववुश्च वातास्तुमुलाः सुधूमा दिशश्च सर्वास्तिमिरोपगूढाः ॥ ३१ ॥ एते चान्ये च बहवो दृश्यन्ते देवनिर्मिताः ॥ भूमौ तथाऽन्तरिक्षे च महोत्पाताः समन्ततः ॥ ३२ ॥ तद्युद्धं देवदैत्यानां भीमानां भीमदर्शनम् ॥ अपश्यत गुरुर्ब्रह्मा सर्वैरेव सुरैः सह ॥ ३३ ॥ वेदैश्चतुर्भिः सांगैश्च विद्याभिश्च सनातनः ॥ पद्मयोनिर्वृतः श्रीमान्सिद्धैश्च परमर्षिभिः ॥ ३४ ॥ नानामणिस्तम्भसहस्रचित्रमारुह्य यानं ददृशे स्वयंभूः ॥ सुभास्वरं भूतसहस्रयुक्तं प्रदीप्यमानं वपुषा परेण ॥ ३५ ॥ सुतप्तजाम्बूनदभक्तिभिचित्रमानन्दभेरीशतसम्प्रणादम् ॥ नक्षत्रचण्डांशुभिरंशुमन्तं वैदूर्यसोमार्कविभूषिताङ्गम् ॥ ३६ ॥ तमात्मजो वै पुलहः पुलस्त्यस्तथा मरीचिर्भृगुरंगिराश्च ॥ ऋक्सामभिः सम्यगभिष्टुवन्तः सेवन्ति देवं वरदं विमाने ॥ ३७ ॥ तं पावका लोकगुरुं स्वयंभुवं सांगाश्च वेदा मखदेवताश्च ॥ सेवन्ति देवं भुवनेश्वरेशं भूतानि चान्यानि महानुभावम् ॥ ३८ ॥ एते बभूवुश्च महर्षिसंघा वैश्वानराः पावकयोनयश्च ॥ सर्वे ययुर्देवपुरोहिताश्च युद्धोत्सुकाः सर्वसुरासुराणाम् ॥ ३९ ॥ योगेश्वराः षट् च दिवाकराभा विभूषणैर्भूषितसर्वदेहाः ॥ अन्तर्हिता वै ददृशुर्नभःस्था नारायणश्चैव नरश्च देवाः ॥ ४० ॥ वक्त्रैश्चतुर्वेदधरैश्चतुर्भिः

भीषण संग्राम देखने लगे। अपने-अपने अङ्गों समेत चारों वेद, सभी विद्यायें, सिद्धजन, ऋषिगण तथा अन्यान्य देवता उनके चारों ओर उस रथपर बैठे थे। वह रथ नीलकान्त, सूर्यकान्त और चन्द्रकान्त मणिजटित तथा उत्तम सुवर्णसे निर्मित था। उस रथके चारों ओर आनक-भेरी आदि बाजे बज रहे थे। नक्षत्रों तथा चन्द्रकिरणोंसे वह रथ चारों ओरसे आलोकित हो रहा था ॥ ३३–३६ ॥ इधर पुलस्त्य, पुलह, भृगु और अङ्गिराप्रभृति ब्रह्मपुत्र उस दिव्य रथपर बैठे-बैठे ऋक् और सामवेद द्वारा उन वरदायक देवता ब्रह्माजीकी स्तुति कर रहे थे ॥ ३७ ॥ इसी प्रकार पावकगण, अङ्गों समेत चारों वेद, यज्ञदेवता तथा अन्यान्य देवगण उन त्रिभुवनेश्वर एवं महानुभाव ब्रह्माजीकी सेवा कर रहे थे ॥ ३८ ॥ उनके अतिरिक्त ऋषिश्रेष्ठ वैखानसगण और सभी देवपुरोहित युद्धदर्शनके लिए उत्सुक होकर वहाँ जा उपस्थित हुए ॥ ३९ ॥ इधर सभी आभूषणोंसे आभूषित एवं सूर्यसदृश तेजस्वी एवं योगेश्वर साक्षात् नारायण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नभमण्डलमें विद्यमान रहते हुए अन्तर्हितभावमें वह युद्ध देखने लगे ॥ ४० ॥ पूर्णमण्डल चन्द्रमाके समान कान्तिसम्पन्न चतुर्वेधारी ब्रह्माजीके चारों मुखोंके प्रकाशसे सभी दिशायें आलोकित हो उठीं। उस समय ऐसा लगा कि मानों चारों दिशाओंमें एक साथ चन्द्रमा उदित हो गये हों ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेय-कृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार उभयपक्षकी सेनाओंमें भयङ्कर युद्ध आरम्भ हो गया। वीरगणोंके भीषण सिंहनादसे त्रिभुवन काँप उठा ॥ १ ॥ गोमुखाकृति आडम्बर, भेरी, मुरज, झल्लरी और डिंडिम प्रभृति बाजे बज रहे थे ॥ २ ॥ क्रमशः घोरतर तथा लोमहर्षण वह युद्धयज्ञ भीषण हो गया और वीरोंको हर्षित करनेवाला स्वर्गीय महानाद

संपूर्णचन्द्रप्रतिमैः सुकान्तैः ॥ सर्वा दिशो निस्तिमिराश्चकार नवोदितोऽसौ शरदीव चन्द्रः ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि देवासुरयुद्धे सनकादिकागमनं नाम त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ उभयोः सेनयो राजन्भूयो युद्धमवर्तत ॥ नादेन संचालयतां त्रैलोक्यमिदमव्ययम् ॥ १ ॥ गोमुखाडम्बराणां च भेरीणां मुरजैः सह ॥ झल्लरीडिण्डिमानां च व्यश्रूयन्त महास्वनाः ॥ २ ॥ प्रवृत्तो युद्धयज्ञस्तु तुमुलो लोमहर्षणः ॥ रणमध्ये महानादः स्वर्गीयः शूरसंमतः ॥ ३ ॥ युद्धयज्ञस्य नेताऽभूत्प्रह्लादो दैत्यसत्तमः ॥ विरोचनस्तथाऽध्वर्युर्युद्धयज्ञप्रवर्त्तकः ॥ ४ ॥ होता चैवात्र नमुचिर्वृत्रः स्तोत्रोपकल्पकः ॥ मन्त्रा दैत्याः समाख्याता यज्ञकर्मणि तत्र वै ॥ ५ ॥ अनुयातश्च पितृभिरधिको वा पराक्रमे ॥ यज्ञे तत्राभवद्बाणः संयुगे चोपतिष्ठते ॥ ६ ॥ ऐन्द्रं पाशुपतं ब्राह्मं स्थूणाकर्णं सुदुर्जयम् ॥ मन्त्रास्तत्राभ्यवर्तन्त साध्वनुह्लादयोजिताः ॥ ७ ॥ उद्गाता च मयः श्रीमान्स्थितः शत्रुभयंकरः ॥ विनदन्दितिजश्रेष्ठो देवानीकं व्यदारयत् ॥ ८ ॥ बलिस्तु राजा द्युतिमान्स्वयं तत्र महासुरः ॥ जप्यैर्होमैश्च संयुक्तो ब्रह्मत्वकरोत्प्रभुः ॥ ९ ॥ रणाग्निर्ज्वलितो घोरो वैरेन्धनसमीरितः ॥ हूयते त्वसुरैस्तत्र देवो विष्णुः सुरैः सह ॥ १० ॥ शंखशब्दैः सुतुमुलैर्भेरीणां च महास्वनैः ॥

सुनायी देने लगा ॥३॥ दैत्यगुरु प्रह्लाद उस यज्ञके नेता, विरोचन अध्वर्यु, नमुचि होता, वृत्रासुर परिचारक और अन्यान्य दैत्य उस युद्धमहायज्ञके मंत्रस्वरूप थे ॥४॥५॥ प्रबल पराक्रम-प्रदर्शनपूर्वक पुत्रगण अपने पिताका अनुसरण करने लगे। बल दैत्य उस यज्ञका यष्टा था ॥ ६ ॥ ऐन्द्र, पाशुपत तथा ब्राह्म अस्त्र उस यज्ञके मन्त्र थे। अनुह्लाद उन सब मंत्रोंकी योजना कर रहा था ॥ ७ ॥ शत्रुओंके लिए भयङ्कर मयदानव उस महायज्ञका उद्गाता बनकर भीषण गर्जन करता हुआ देवसेनाके प्रहारका निवारण कर रहा था ॥८॥ अग्नितुल्य तेजस्वी राजा बलि जाप्य मंत्र तथा होमसे सम्पर्क स्थापित करके उस यज्ञका ब्रह्मा बना ॥ ९ ॥ शत्रुतारूपी ईंधन पाकर वह रणरूपी अग्नि भयानकरूपसे प्रज्वलित हो उठी। दैत्यगण रथरूपी वेदीपर बैठकर उस अग्निमें आहुति डालने लगे। देवताओंके साथ भगवान विष्णु स्वयं देवरूपसे विद्यमान थे ॥ १० ॥ घोरतर शंख तथा भेरीका शब्द ही वेदपाठका काम कर रहा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था ॥ ११ ॥ महान् असुर बल, बलक और पुलोमा ये उस यज्ञका चमस प्रस्तुत करके यज्ञकार्यको सम्पन्न करने लगे ॥ १२ ॥ विविधवर्ण दण्डयुक्त रथ उस यज्ञमें यज्ञीय यूपका काम कर रहे थे ॥ १३ ॥ कर्णि, नालीक, नाराच, वत्सदन्त तथा तोमरप्रभृति शस्त्र एवं विचित्र प्रकारके धनुषोंका समुदाय उस यज्ञका सोमकलश बना हुआ था ॥ १४ ॥ अस्थि, अँतड़ियाँ, कपाल और मस्तक उस महायज्ञके पुरोडास तथा घोरतर रुधिर घृतका कार्य कर रहा था ॥ १५ ॥ सूर्यमण्डल उस यज्ञका उद्दीपक काष्ठ और गदा पाषाण बनी हुई थी। हयग्रीव, असिलोमा, राहु, केशी, विरोचन, जम्भ, महाबली कुजम्भ तथा विप्रचित्ति ये उस यज्ञके सदस्य थे ॥ १६ ॥ १७ ॥ रथके धुरेसदृश मोटे-मोटे बाण उस यज्ञके स्रुक् तथा धनुषका अग्रभाग और उसकी डोरी स्रुवा बनी ॥ १८ ॥ वृषपर्वा दैत्य उस यज्ञका प्रतिप्रास्थानिक कार्य सम्पन्न कर रहा था। दैत्यराज बलि सेनारूपिणी पत्नीके साथ उस यज्ञमें दीक्षित था

उद्घुष्टं विमलं चैव ब्रह्मण्यं सुप्रयुज्यते ॥ ११ ॥ बलश्च बलकश्चैव पुलोमा च महासुरः ॥ प्रशस्तं च समं कृत्वा सत्रं सम्यक्प्रचक्रिरे ॥ १२ ॥
कल्माषदण्डा विमला विपुला रथपङ्क्तयः ॥ यूपाश्च समकल्पन्त युद्धयज्ञे महाफले ॥ १३ ॥ कर्णिनालीकनाराचवत्सदन्तोपबृंहिकाः ॥ तोमराः
सोमकलशा विचित्राणि धनूंषि च ॥ १४ ॥ अस्थीन्यत्र कपालानि पुरोडाशाः शिरांसि च ॥ आज्यं च रौद्रं रुधिरं तस्मिन्यज्ञेऽभिहूयते ॥ १५ ॥
इध्माः परिधयस्तत्र प्रस्तारा विपुला गदाः ॥ हयग्रीवोऽसिलोमा च राहुः केशी च दानवः ॥ १६ ॥ विरोचनश्च जम्भश्च कुजम्भश्च महाबलः ॥
सदस्यास्तत्र तु मखे विप्रचित्तिस्तु वीर्यवान् ॥ १७ ॥ इषवस्तु स्रुवास्तत्र रथाक्षसदृशाः शुभाः ॥ धनुष्कोटयो धनुर्ज्याश्च स्रुचस्तत्र महामखे ॥ १८ ॥
प्रतिप्रास्थानिकं कर्म वृषपर्वाऽकरोदिह ॥ दीक्षितस्तत्र तु बलिस्तस्य पत्नी महाचमूः ॥ १९ ॥ शम्बरस्तत्र शामित्रमकरोद्दितिनन्दनः ॥ अति
रात्रे महाबाहुर्वितते यज्ञकर्मणि ॥ २० ॥ दक्षिणास्तस्य यज्ञस्य कालनेमिर्महासुरः ॥ वैताने कर्मणि विभोर्यः ख्यातो हव्यवाडिव ॥ २१ ॥
त्रिदशानां तु सैन्यस्य शरीरैर्गतजीवितैः ॥ तस्मिन् यज्ञे तु सवनं वर्धते दैत्यनिर्मितम् ॥ २२ ॥ देवानां रुधिरं संख्ये पपुरुश्च दितेः सुताः ॥
नर्दमानाः प्रमुदिताः सोमपानं रणाध्वरे ॥ २३ ॥ यदा बलिर्महादैत्यो विजेता समरे सुरान् ॥ तदा ह्यवभृथो यज्ञे भविष्यति न संशयः ॥ २४ ॥
महासुरेन्द्रप्रतयो यज्वानो भूरिदक्षिणाः ॥ वेदवन्तो वृत्तवन्तः शूराः सर्वे तनुत्यजः ॥ २५ ॥ त्रैलोक्यहरणे सज्जा युद्धयज्ञाय दीक्षिताः ॥
बद्धकृष्णाजिनाः सर्वे व्रतिनो मुञ्जधारिणः ॥ २६ ॥ एकनिश्चयकार्याश्च त्रैलोक्यजयकांक्षिणः ॥ सुरदानवदैत्यानां शब्दः समभवन्महान् ॥ २७ ॥

॥ १९ ॥ दितिनन्दन शंबर रातदिन उस विस्तृत महायज्ञमें पशुबन्धनका कार्य कर रहा था ॥ २० ॥ अग्निके समान परम प्रतापी कालनेमि यज्ञकी दक्षिणा जुटाने लगा ॥ २१ ॥ इसी प्रकार देवताओंके मृत शरीरसे वह यज्ञकार्य उग्ररूपसे बढ़ गया ॥ २२ ॥ भयानक आकारके दानवगण बड़े आनन्दके साथ गर्जन करते हुए सोमपानस्वरूप रुधिर पान करने लगे ॥ २३ ॥ जिस समय दैत्यराज बलि समरभूमिमें देवताओंको पराजित कर देगा, तब दैत्योंका अवभृथ (यज्ञान्त) स्नानकार्य सम्पन्न होगा। इसमें कोई संशय नहीं है ॥ २४ ॥ भूरिदक्षिणायुक्त, स्वाध्यायपरायण, धनवान् और बलवान् याज्ञिक असुरगण समस्त त्रिलोकीको अपने वशमें करनेके लिए प्राणपणसे उस युद्धयज्ञमें दीक्षित हो गये। वे सभी दैत्य कृष्णमृगचर्मधारी, व्रतधारी,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुञ्जमेखलाधारी थे और एकमात्र त्रिलोव विजयके कार्यमें संलग्न थे। इस प्रकार उन देवताओं, दैत्यों और दानवोंका भीषण कोलाहल चारों ओर गूँज उठा ॥ २५–२७ ॥ विविधास्त्रधारी तथा स्वकार्यसाधनतत्पर योद्धाओंके सिंहनाद, हाथियोंके चिंघाड़, घोड़ोंकी हिनहिनाहट, रथके पहियोंकी घरघराहट, सैनिकोंके हाथों-पैरोंकी धमक एवं शंख-दुन्दुभिकी ध्वनिसे चारों ओर अति भयङ्कर हाहाकार मच गया ॥२८–३०॥ देवताओं तथा दैत्योंके शस्त्रास्त्रधारी सैनिकोंने रणभूमिमें इतना भीषण युद्ध आरम्भ कर दिया कि जो सर्वथा वर्णनातीत था ॥३१॥ स्वर्णालङ्कारविभूषित रथों एवं गजयूथोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो बिजलीसे विमण्डित मेघ उमड़ आये हों ॥ ३२ ॥ शक्ति, ऋष्टि, गदा, शूल तथा परशुप्रभृति शस्त्रसमूहकी दीप्तिसे चारों दिशायें जगमगा उठीं ॥ ३३ ॥ कनकमण्डित शिखरसम्पन्न नाना प्रकारके अगणित रथोंको देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो पर्वतोंपर आग लग गयी है ॥ ३४ ॥ भास्करवर्ण

नानायुधविहस्तानां त्वरितानां प्रधावताम् ॥ क्ष्वेडितोत्कृष्टनिनदैर्गजबृंहितनिःस्वनैः ॥ २८ ॥ रथनेमिस्वनैर्घोरैस्तुमुलः सर्वतोऽभवत् ॥ शंखदुन्दुभिनिर्घोषैर्हयहेषितनिःस्वनैः ॥ २९ ॥ हयानां हेषमाणानां दानवानां च गर्जताम् ॥ क्ष्वेडितोत्कृष्टनिनदैः पाणिपादरवैस्तथा ॥ ३० ॥ दानवानां परेषां च शस्त्रवन्ति महान्ति च ॥ समरे भीमकर्माणि सैन्यानि प्रचकाशिरे ॥ ३१ ॥ ततो नागा रथाश्चैव जाम्बूनदविभूषिताः ॥ भ्राजमाना व्यराजन्त मेघा इव सविद्युतः ॥ ३२ ॥ ऋष्टिशक्तिगदास्तीक्ष्णशूलशक्तिपरश्वधाः ॥ चारु विभ्राजिरे तत्र तेष्वनीकेषु भागशः ॥ ३३ ॥ रथा बहुविधाकाराः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ हेमप्रच्छन्नशिखरा ज्वलन्त इव पावकाः ॥ ३४ ॥ दानवानां सुराणां च समालोक्यन्त सैनिकाः ॥ काञ्चनैः कवचैः सर्वे ज्वलितार्कसमप्रभैः ॥ ३५ ॥ सन्नद्धाः समदृश्यन्त ज्योतींषि गगने यथा ॥ उद्यतैरायुधैश्चित्रैस्तलबद्धाः कलापिनः ॥ ३६ ॥ ऋषभाक्षाः सुरगणाश्चमूमुखगता बभुः ॥ नानावर्णाः पताकाश्च ध्वजमालाश्च संयुगे ॥ ३७ ॥ युद्धयतां रणशौण्डानां युद्धमासीत्सुदारुणम् ॥ ध्वजालंकारवस्त्राणि कवचानि च रश्मिभिः ॥ ३८ ॥ भासयामास सर्वाणि रश्मिवर्णानि रश्मिवान् ॥ उभाभ्यामप्रमेयाभ्यां बलाभ्यां पादचारिणाम् ॥ ३९ ॥ रजः प्रच्छादयामास पत्रोर्णं पाण्डुरा दिशः ॥ दिव्यायुधधराः सर्वे दीप्तायुधपरिच्छदाः ॥ ४० ॥ प्रतितस्तम्भिरेऽन्योन्यमनीकं प्रत्यनीकतः ॥ गिरिकूटोच्छ्रयाः सर्वे तदा ते देवदानवाः ॥ ४१ ॥ अन्योन्यमभिनिघ्नन्तो रणस्थाश्चित्रयोधिनः ॥ बाणैः सुरुचिरैस्तीक्ष्णैः पत्रवाजै-

कंचनमय कवचोंसे ढके उभयपक्षके सैनिकोंको देखनेसे ऐसा ज्ञात होता था कि मानो आकाशमें नक्षत्र चमक रहे हैं ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ वृषभाक्ष देवगण सेनाके अग्रभागमें जाकर विचरण कर रहे थे। रणवीर योद्धाओंकी विविध आकार-प्रकारकी ध्वजा-पताकायें वायुमें फहरा रही थीं ॥ ३७ ॥ युद्धलिप्त वीरोंके ध्वज, अलङ्कार, वस्त्र, ढाल तथा कवचके ऊपर सूर्यकी किरणोंके पड़नेसे वहाँकी सभी वस्तुयें सूर्यरश्मिवत् दिखायी दे रही थीं ॥३८॥ पैदल सैनिकोंके चरणोंसे उड़ती हुई धूलिसे सभी दिशायें शुभ्र हो गयीं। दीप्तवस्त्रधारी वेगवान् सैनिकगण परस्पर एक दूसरेके सम्मुख जाकर स्थिरभावसे खड़े हो गये। उस समय वे सभी देव तथा दानवसैनिक पर्वतशिखरके समान भीषण दीख रहे थे ॥ ३९–४१ ॥ कुछ ही क्षणों बाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवता-दानव दोनों पक्ष युद्धमें प्रवृत्त होकर मुसल, मुद्गर, शूल, लौहशलाका, उलूखल, वज्र, खड्ग, वृक्ष और अन्यान्य नानाप्रकारके शस्त्रास्त्रोंका उपयोग करते हुए परस्पर एक दूसरेपर प्रहार करने लगे। उसी समय उभयपक्षसे बाणोंकी विकराल वर्षा होने लगी ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ इस प्रकार देव-दानवोंमें घोर युद्ध हो रहा था। उसी समय दैत्यराज बाणासुरने सुरवर सावित्रको बाणोंसे ढाँक दिया। तदनन्तर उनका वध करनेकी इच्छासे उसने एक बाण हाथमें लिया और जैसे आहुति पाकर आग धधक उठती है, उसी प्रकार क्रोधसे वह समुद्रको सुखानेवाले सूर्यभगवानके समान उस बाणसे सागरसदृश विशाल देवसेनाको सोखने लगा ॥४४–४६॥ इधर महावेगवान् सावित्रदेवने उसी प्रकार बलिपुत्र बाणासुरपर एक उत्कृष्ट शक्तिका प्रहार किया, जैसे इन्द्रदेव पर्वतपर अपने वज्रका प्रहार करते हैं ॥ ४७ ॥ प्रज्वलित उल्काके समान भयानक उस शक्तिको अपनी ओर आती देखकर बाणासुरने अपने

दुरासदैः ॥ ४२ ॥ मुद्गरैर्मुसलैः शूलैरयस्तुण्डैरुलूखलैः ॥ वज्रैरशनिकल्पैश्च खड्गवृक्षादिभिस्तथा ॥ ४३ ॥ तथा प्रवर्तिते तेषां विमर्देऽद्भुतविक्रमे ॥ सावित्रस्य वधं प्रेप्सुर्बाणो जग्राह कार्मुकम् ॥ ४४ ॥ शरजालेन दिव्येन छादयानः सुरोत्तमम् ॥ मन्त्रैर्हुत इवार्चिष्मान्संप्रजज्वाल तेजसा ॥ ४५ ॥ सागराभां महासेनां देवानां दैत्यपुङ्गवः ॥ संशोषयति बाणौघैरर्कांशुभिरिवार्णवम् ॥ ४६ ॥ मारुतः सुमहावेगः सावित्रः शक्तिमुत्तमाम् ॥ चिक्षेप बलिपुत्राय शक्रोऽशनिमिवाद्रये ॥ ४७ ॥ आपतन्ती च सा शक्तिर्महोल्काज्वलिता इव ॥ द्विधा छिन्ना क्षुरप्रेण बाणेनाद्भुतकर्मणा ॥४८॥ हतायामथ शक्त्यां तु सावित्रो देवसत्तमः ॥ विश्वकर्मकृतं दिव्यं सुतीक्ष्णं दानवार्दनम् ॥४९॥ सुपीनधारं विमलं विपुलं चन्द्रवर्चसम् ॥ अगृह्णान्निशितं खड्गमाशीविषमिवोरगम् ॥ ५० ॥ तं गृहीत्वा रणमुखे प्रज्वलन्तं महाप्रभम् ॥ बाणाभ्याशे महातेजाः खड्गपाणिरवस्थितः ॥ ५१ ॥ स तं स्थितमथालक्ष्य सावित्रं बलिनन्दनः ॥ लोहिताक्षं महाकायं चिक्षेप च ननाद च ॥ ५२ ॥ ततोऽर्ककिरणाकारानशनिप्रतिमाञ्छितान् ॥ संदधे चाशु बाणौघानाशीविषशिलीमुखान् ॥ ५३ ॥ रुक्मपुङ्खान्प्रदीप्ताग्रानुग्रवेगानलंकृतान् ॥ आकर्णपूरांश्चिक्षेप शरानुग्रान्समन्ततः ॥ ५४ ॥ दृढचापप्रयुक्तास्ते शरा वैश्वानरप्रभाः ॥ सावित्रं छादयामासुः कैलासमिव तोयदाः ॥५५॥ संछाद्यमानः शस्त्रौघैर्बाणेन बलिसूनना ॥ पराङ्मुखः

क्षुरप्र नामके बाणसे बीचमें ही काटकर उसके दो टुकड़े कर दिये ॥ ४८ ॥ इस प्रकार अपनी शक्तिको विफल होते देखकर देवसत्तम सावित्रने दानवमदविमर्दन, तीक्ष्णधार, चन्द्रप्रभ, आशीविष (सर्प) तुल्य विषाक्त तथा विश्वकर्माका बनाया हुआ एक खड्ग हाथमें लिया ॥ ४९ ॥ ५० ॥ उस अतीव तेजस्वी खड्गको लेकर सुरवर सावित्र बाणासुरके सम्मुख जा पहुँचे ॥ ५१ ॥ उन्हें समक्ष देखकर बाणासुर हुंकारपूर्वक रोषारुण नेत्रोंसे निहारता हुआ सूर्यकिरण तथा अशनिसम भीषण बाणोंकी वर्षा करता हुआ गर्जन करने लगा ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ तदनन्तर बाणासुरने सुवर्णपुंख, दीप्ताग्र, सुभूषित तथा सूर्यके समान भीषण अन्य बाणोंको धनुषपर चढ़ाया और कानतक डोरी खींचकर उन्हें इधर-उधर छोड़ने लगा ॥ ५४ ॥ अतएव मेघाच्छन्न कैलास पर्वतके समान विशालकाय सावित्रदेव बाणासुरके अग्निसदृश भयानक बाणोंसे ढँक गये ॥ ५५ ॥ सुतरां इस अवस्थामें उन्हें अपने रथपर सवार होकर रणभूमिसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भागना पड़ा ॥ ५६ ॥ इस प्रकार सावित्रदेवका पराजित करके बाणासुर बहुत प्रसन्न हुआ और उनको वहीं छोड़ वह एक भयानक धनुष लेकर देवराज इन्द्रके रथकी ओर लपका ॥५७॥
इसी समय बल दैत्यने घोरतर गदा लेकर ध्रुववसुके मस्तकपर प्रहार कर दिया ॥५८॥ उस गुरुतर गदाके प्रहारसे ध्रुववसुके कन्धेपर बड़ी चाट लगी और उनका स्वर्णखचित कवच छिन्न-
भिन्न हो गया ॥ ५९ ॥ तदनन्तर अवशिष्ट वसुओंने अपने-अपने दिव्य तथा भयानक शस्त्रास्त्रोंकी वर्षा करके बल दैत्यको उसी प्रकार ढाँक दिया, जैसे मेघसमूह सूर्यभगवानको ढाँक
लेते हैं ॥ ६० ॥ इस प्रकार उस विकराल बाणवर्षासे अतिशय विकल होकर दैत्यवर बाणासुर रथसे उतर पड़ा। तदनन्तर वह अपनी गुरुतर गदा तानकर बड़े वेगसे दौड़ा और एक-एकके
क्रमसे सभी शत्रुओंपर भीषण प्रहार करने लगा ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ वज्रपात होनेपर जैसे भयानक शब्द होता है, उसी प्रकार उस गदाके प्रहारसे बड़ा भयंकर शब्द हुआ ॥६३॥ उस

सुरवरः प्रयातः सरथध्वजः ॥५६॥ पराजित्य स सावित्रं बाणः परमहर्षितः ॥ प्रगृह्य कार्मुकं घोरं गतः शक्ररथं प्रति ॥ ५७ ॥ बलश्चाप्यसुरश्रेष्ठः
प्रगृह्य महतीं गदाम् ॥ ध्रुवाय वसने मूर्ध्नि रौद्रं चिक्षेप दानवः ॥ ५८ ॥ तस्य निर्मथितस्त्वंसो हेमचित्रं च वर्म वै ॥ गदावेगेन भीमेन ध्रुवस्य
समरे तदा ॥ ५९ ॥ शेषाश्च वसवः सर्वे दिव्यास्त्रैर्घोरदर्शनैः ॥ प्राच्छादयन्रणे दैत्यमादित्यमिव तोयदाः ॥ ६० ॥ ततः संमर्दितो बाणैर्बलो
दानवसत्तमः ॥ अवातरद्रथात्तस्माद्गदामुद्यम्य वेगवान् ॥ ६१ ॥ पातयामास शत्रूणां समाविध्य महासुरः ॥ दिशः प्राद्रावयत्सर्वास्त्रिदशान्सा
महागदा ॥ ६२ ॥ इन्द्राशनिरिवेन्द्रेण प्रवृद्धाः सुमहास्वनाः ॥ तस्याः सविद्युद्घोषायास्तेन शब्देन वेपिताः ॥ ६३ ॥ व्यद्रवन्त परिभ्रष्टा रथेभ्यो
रथिनस्तदा ॥ तदुदीर्णं रथानीकं सूर्याभं मेघनिःस्वनम् ॥ ६४ ॥ देवानां शरधाराभिः समन्तादभ्यवर्षत ॥ क्षुरकैर्विशिखैर्भल्लैर्वत्सदन्तैः
शिलीमुखैः ॥ ६५ ॥ मुहुर्मुहुर्महातेजाः प्रत्यविध्यन्महासुरान् ॥ बलाकस्तु गदापाणिर्व्यादितास्य इवान्तकः ॥ ६६ ॥ तडिद्गुणार्कसदृशो वैश्वानर
इवापरः ॥ पिबन्निव शरौघांस्तान्देवचापसमुच्छ्रितान् ॥ ६७ ॥ अभ्यद्रवत दैत्येन्द्रो महार्णव इवापरः ॥ अवस्फूर्जन्दिशः सर्वाः स्वेन वीर्येण
दानवः ॥ ६८ ॥ आरुजंस्त्रिदशान्दैत्यः सिंधुवेगान्नगा इव ॥ समुद्रस्तरसा देवान्वायुर्वृक्षानिवौजसा ॥ ६९ ॥ शामयंश्च महेष्वासानश्विभ्यां
समसज्जत ॥ बापश्चैवानिलश्चैव ववर्षतुररिन्दमौ ॥ ७० ॥ शरवर्षाणि दीप्तानि मेघाविव परन्तपौ ॥ क्षिप्तांस्तान्विशिखान्दीप्तानन्तरिक्षे स

गम्भीर शब्दको सुनकर देवता त्रस्त हो उठे और इधर-उधर भागने लगे। यहाँ तक कि रथीतक उस शब्दसे अत्यन्त भयभीत हो तथा रथसे उतरकर पलायन करने लगे ॥ ६४ ॥
तदनन्तर वे रथी इधर-उधर बिखरकर एक साथ चारों ओरसे बाणवर्षा करने लगे। दैत्यराज बलाकपर प्रतिक्षण क्षुरप्र, भल्ल तथा वत्सदन्तप्रभृति बाण बरसने लगे ॥ ५ ॥ किन्तु
प्रज्वलित अग्निसदृश, विद्युत् तथा सूर्यके समान तेजस्वी बलाक दैत्य मुँह बाये हुए यमराजके समान उस देवसेनाके धनुषसे छूटे हुए बाणोंको मानों पीने लगा ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ जब
वह दानव अपने पराक्रमसे सभी दिशाओंमें आतंक उत्पन्न करता हुआ बड़े वेगसे दौड़ा तो ऐसा लगा कि मानो समुद्र वेगके साथ उमड़कर चला आ रहा हो ॥ ६८ ॥ जैसे समुद्र
अपने थपेड़ोंसे पर्वतोंको दुःख देता है, उसी प्रकार वह दानव पूर्ण पराक्रमसे दसों दिशाओंको निनादित करता हुआ देवताओंको त्रस्त करने लगा। उससे देवता इतने पीड़ित हुए कि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जैसे वायुके वेगसे वृक्षसमूह छिन्न-भिन्न हो जाते हैं ॥ ६९ ॥ उसी समय दैत्यवर बल दो वसुओंके साथ युद्ध करने लगा। शत्रुतापन जल तथा वायुदेव ये दोनों मेघकी तरह उस दैत्यपर अविरल बाणवर्षा करने लगे, किन्तु महाबली बल दैत्यने आकाशमें ही सब बाणोंको विफल कर दिया ॥ ७० ॥ ७१ ॥ तब वसुश्रेष्ठ ध्रुव उसका पुरुषार्थ सहनेमें असमर्थ होकर बड़े वेगसे झपटे। अब वे दोनों प्रबल बाणवर्षा करके परस्पर एक दूसरेको बींधने लगे ॥ ७२ ॥ वे दोनों ही कुलीन, दोनों महावीर और दोनों ही समान यशस्वी थे। उन दोनोंके नख बाघ जैसे और दाँत हाथीके दाँतके समान थे ॥७३॥ उस भीषण बाणप्रहारसे उन दोनोंके शरीर विदीर्ण, क्षत-विक्षत एवं स्तम्भित हो गये। वे दोनों अतिशय क्रुद्ध होकर मण्डलाकार चक्कर लगाते तथा पैतरे बदलते हुए परस्पर एक दूसरेपर कठोर प्रहार कर रहे थे ॥७४॥७५॥ तदनन्तर कुछ देर दोनों मुद्गरोंसे लड़े। उसके बाद हाथमें तलवार तथा ढाल लेकर लड़ते हुए उन दोनोंने परस्पर एक दूसरेके शस्त्रोंको काट डाला और खाली हाथ होकर बाहुयुद्ध करने लगे। आजानुलम्बित बाहु और विस्तीर्ण वक्षःस्थल वे दोनों वीर बाहुयुद्धमें पूर्ण निपूण थे। वे दोनों एक दूसरेपर

चिच्छिदे ॥ ७१ ॥ अमृष्यमाणस्तत्कर्म ध्रुवस्तमभिदुद्रुवे ॥ तौ पृथक्शरवर्षाभ्यामन्योन्यमभिजघ्नतुः ॥ ७२ ॥ उत्तमाभिजनौ शूरौ देवदैत्यौ यशस्करौ ॥ तौ नखैरिव शार्दूलौ दन्तैरिव महाद्विपौ ॥ ७३ ॥ रथशक्तिभिरन्योयं विशिखैश्चाप्यकृन्तताम् ॥ निर्भिन्दन्तौ च गात्राणि विलिखन्तौ च सायकैः ॥ ७४ ॥ स्तंभयन्तौ च बलिनौ प्रतुदन्तौ स्थितौ रणे ॥ चरन्तौ विविधान्मार्गान्मण्डलानि च भागशः ॥ ७५ ॥ मुद्गरैर्जघ्नतुः क्रुद्धावन्योन्यमभिमानिनौ ॥ असिभ्यां चर्मणी दिव्ये विपुले च शरासने ॥ ७६ ॥ निकृत्याचलसंकाशौ बाहयुद्धं प्रचक्रतुः ॥ व्यूढोरस्कौ दीर्घभुजौ नियुद्धकुशलावुभौ ॥ ७७ ॥ बाहुभिः समसज्जेतामायसैः परिघैरिव ॥ तयोरासीद्भुजाघातैर्निग्रहः प्रग्रहस्तथा ॥ ७८ ॥ अतीव भीमः संह्रादो वज्रपर्वतयोरिव ॥ द्विपाविव विषाणाग्रैः शृङ्गैरिव महावृषौ ॥७९॥ अन्योन्यमभिसंरब्धौ मुहूर्तं पर्यकर्षताम् ॥ ततः पराजितो देवो बलाकेन तथा ध्रुवः ॥ रथं त्यक्त्वा भयात्तस्य प्रनष्टः प्राङ्मुखो वसुः ॥८०॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५४॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पुनरेव तु तत्रासीन्महायुद्धं सुदारुणम् ॥ क्रुद्धस्य नमुचेश्चैव धरस्य च महात्मनः ॥ १ ॥ संरब्धौ च महाबाहू महेष्वासावरिंदमौ ॥ परस्परमुदैक्षेतां दहंताविव लोचनैः ॥ २ ॥ विस्फार्य च महाचापं हेमपृष्ठं दुरासदम् ॥ संरम्भात्स सुरश्रेष्ठस्त्यक्त्वा प्राणान-

इस प्रकार हाथ फेंक-फेंककर प्रहार कर रहे थे कि जिससे ऐसा लगने लगा कि मानो दो लौहदण्ड जूझ रहे हों ॥ ७६ ॥ ७७ ॥ तदनन्तर जिस समय उन दोनोंकी भुजाओंसे भुजायें मिल गयीं और परस्पर आघात-प्रत्याघात होने लगे, तब ऐसा शब्द होने लगा कि जैसे पर्वतपर इन्द्रका वज्रपात हो रहा हो। जिस प्रकार दो मतवाले गजराज दाँतोंसे दाँत अथवा दो बलवान् वृषभ सींगोंसे सींग भिड़ाकर जूझ रहे हों, उसी प्रकार बड़े क्रोधके साथ दोनोंने क्षणभर बाहुयुद्ध किया। तत्पश्चात् ध्रुववसु पराजित हो गये और दैत्यवर बलसे भयभीत हो अपना रथतक त्यागकर पूर्व दिशाकी ओर भाग गये ॥ ७८–८० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुःपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५४ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसके बाद महात्मा धरके साथ दैत्यपुंगव नमुचिका विकराल युद्ध आरम्भ हुआ ॥ १ ॥ वे दोनों वीर धनुष धारण करके परस्पर एक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दूसरेको इस तरह निहारने लगे कि मानों दृष्टिपातसे ही दोनों दोनोंको भस्म कर डालेंगे ॥ २ ॥ तदनन्तर वसुश्रेष्ठ धर सुवर्णपृष्ठसे अलंकृत विशाल धनुष तानकर उससे भीषण बाणवर्षा करते हुए प्राणपणसे युद्ध करने लगे ॥ ३ ॥ यहाँ तक कि उनके बाणोंकी बौछारसे सूर्यनारायणकी प्रभा ढँक गयी । तब नमुचिने तनिक मुसकाकर अतिशय देदीप्यमान तथा शिलाशाणित वेगवान् बाणोंसे भयङ्कर प्रहार आरम्भ कर दिया ॥ ४ ॥ ५ ॥ पहले नमुचिने नौ बाणोंसे धर वसुपर प्रहार किया । उस प्रहारसे वसुश्रेष्ठ धर अंकुशाहत गजराजके समान अत्यधिक क्रुद्ध होकर नमुचि दैत्यकी ओर झपटे ॥ ६ ॥ ७ ॥ उन्हें अपनी ओर आते देखकर दैत्य नमुचि इस प्रकार वेगसे आगे बढ़ा, जैसे कोई मस्त हाथी किसी अन्य मतवाले गजराजपर झपटे ॥ ८ ॥ तदनन्तर सैकड़ों भेरियोंकी ध्वनिके समान शङ्ख फूँककर उसने महान् सागरके समान देवसैनिकोंको विक्षुब्ध कर दिया ॥ ९ ॥ तत्पश्चात् इधरसे सूयवर्ण एवं

युध्यत ॥ ३ ॥ स सायकमयैर्जालैर्धरो दैत्यरथं प्रति ॥ भानुमद्भिः शिलाधौतैर्भानोः प्राच्छादयत्प्रभाम् ॥ ४ ॥ ततः प्रहस्य नमुचिर्धरस्य त्र शिलाशितान् ॥ असृजत्सायकान्दीप्तान्भीमवेगान्दुरासदान् ॥ ५ ॥ महातेजा महाबाहुर्महावेगो महारथः ॥ विव्याधातिबलो दैत्यो नवभिर्निशितैः शरैः ॥ ६ ॥ स तोत्रैरिव मातंगो वार्यमाणः पतत्रिभिः ॥ अभ्यधावच्च संक्रुद्धो नमुचिं वसुसत्तमः ॥ ७ ॥ तमापतन्तं वेगेन संरम्भान्नमुची रणे ॥ दैत्यः प्रत्यसरद्देवं मत्तो मत्तमिव द्विपम् ॥ ८ ॥ ततः प्राध्मापयच्छङ्खं भेरीशतनिनादितम् ॥ विक्षोभ्य तद्बलं हर्षादुद्धूतार्णवसप्रभम् ॥ ९ ॥ अश्वान्ऋक्षसवर्णाभान्हंसवर्णैः सुवाजिभिः ॥ मिश्रयन्समरे दैत्यो वसुं प्राच्छादयच्छरैः ॥ १० ॥ समाश्लिष्टावथान्योन्यं वसुदानवयो रथौ ॥ दृष्ट्वा प्राकम्पत मुहुस्त्रिदशानां महद्बलम् ॥ ११ ॥ क्रोधसंरम्भताम्राक्षौ प्रेक्षमाणौ मुहुर्मुहुः ॥ गर्जन्ताविव शार्दूलौ प्रभिन्नाविव वारणौ ॥ १२ ॥ महामेघोपमं रौद्रमासीदायोधनं तयोः ॥ रथाश्ववरसम्बाधं मत्तवारणसङ्कुलम् ॥ १३ ॥ समाजमिव तं दृष्ट्वा प्रेक्षमाणा महारथाः ॥ आशंसन्तो जयं ताभ्यां योधा नैकत्रसंश्रयाः ॥ १४ ॥ तयोः प्रैक्षन्त संरम्भं सन्निकृष्टं महास्त्रयोः ॥ सिद्धगंधर्वमुनयो देवदानवयोस्तदा ॥ १५ ॥ तौ छादयन्तावन्योन्यं समरे निशितैः शरैः ॥ शरजालावृतं व्योम चक्रतुश्च महाबलौ ॥ १६ ॥ तावन्योन्यं जिघांसन्तौ शरैस्तीक्ष्णैर्महारथैः ॥ प्रेक्षणीयतमावास्तां वृष्टिमन्ताविवाम्बुदौ ॥ १७ ॥ सुवर्णविकृतान्बाणान्प्रमुञ्चन्तावरिन्दमौ ॥ भास्कराभं तदाऽऽकाशमुल्काभिरिव चक्रतुः ॥ १८ ॥ तयोः शराः प्रकाशन्ते

उधरसे हंसवर्ण अश्वोंके मिल जानेपर दैत्यवर नमुचिने वसुसत्तम धरको अपने बाणोंसे ढाँक दिया ॥ १० ॥ उन दोनों रथोंको युद्धभूमिमें उपस्थित देखकर समस्त देवसेना भयके कारण काँप उठी ॥ ११ ॥ दोनों मारे क्रोधके लाल होकर परस्पर एक दूसरेको निहारते हुए इस प्रकार गर्जन करने लगे, जैसे दो बाघ अथवा दो मतवाले हाथी गजन कर रहे हों ॥ १२ ॥ मनुष्य, अश्व, रथ तथा मत्तमातंगसंकुल वह रणभूमि धीरे-धीरे यमपुरीके समान भयानक हो उठी ॥ १३ ॥ अन्यान्य महारथीगण उन दोनोंका विकट युद्ध देखकर दोनोंके जयपराजयके विषयमें संशयाकुल हो उठे ॥ १४ ॥ सिद्ध और गन्धर्वगणतक एकाग्रचित्तसे वह तुमुल अस्त्रयुद्ध देखने लगे ॥ १५ ॥ दोनों ओरसे ऐसी भीषण बाणवर्षा होने लगी कि बाणसमूहसे समस्त आकाशमण्डल ढँक गया ॥ १६ ॥ परस्पर एक दूसरेका वध करनेके लिए उत्सुक और तीक्ष्ण बाणोंसे प्रहार करते हुए वे दोनों महारथी वीर उस समय दो जलवर्षी मेघोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदृश रमणीय शोभा धारण किये हुए थे ॥ १७ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो उल्कापातसे समस्त गगनमण्डल देदीप्यमान हो उठा हो अथवा शरत्कालीन स्वच्छ आकाशमें सारस उड़ रहे हों ॥ १८ ॥ १९ ॥ क्षण ही भर बाद देवताओंके मृत अश्वों और हाथियोंके शरीरोंसे सारी रणभूमि भर गयी। उस समय ऐसा लगा कि मानो समस्त गगनमण्डल मेघ-राशिसे भर गया हो ॥२०॥ तदनन्तर दैत्यवर नमुचिने धर वसुपर सूर्यमण्डलके समान प्रज्वलित तथा अति तीक्ष्ण धारवाला एक चक्रास्त्र चलाया। धरके रथपर उस चक्रके गिरते ही रथ, ध्वज, अश्व तथा सभी शस्त्रास्त्र तत्काल भस्म हो गये। चक्रके तेजसे रथको भस्म होते देख धर उससे कूदकर अपने घर भाग गये। इस प्रकार देवसेनापति धर वसुके पराजित हो जानेपर नमुचिके अभिमानका ठिकाना नहीं रहा ॥ २१–२३ ॥ उसी गर्वके आवेशमें उसने तत्काल फिर देवसेनापर आक्रमण कर दिया। देवताओंके शिल्पी विश्वकर्मा एवं दैत्योंके शिल्पी मायायुद्धविशारद मय ये दोनों परस्पर पहलेसे ही परम विद्वेषी थे। उस समय समरभूमिमें आकर वे दोनों सांघातिक प्रहार करने लगे ॥ २४ ॥ २५ ॥ जिस प्रकार त्वष्टा अपने

देवदानवयोस्तदा ॥ पंक्त्यः शरदि मत्तानां सारसानामिवाम्बरे ॥ १९ ॥ त्रिदशाश्वगजानां हि शरीरैर्गतजीवितैः ॥ क्षणेन संवृता भूमिर्मेघैरिव नभ-स्तलम् ॥ २० ॥ ततः सुधारं ज्वलितं सूर्यमण्डलसन्निभम् ॥ धराय वसवे मुक्तं चक्रं नमुचिना रणे ॥ पतता तेन चक्रेण धरस्य स्यन्दनोत्तमः ॥ २१ ॥ सध्वजः सायुधः साश्वो दग्धोऽर्ककिरणप्रभः ॥ स त्यक्त्वा स्यन्दनं देवः प्रदीप्तं चक्रतेजसा ॥ २२ ॥ भयात्तस्यासुरेन्द्रस्य गतः स्वगृह-मुत्तमम् ॥ पराजित्य सुरं दैत्यो नमुचिर्बलगर्वितः ॥ २३ ॥ प्रयातः स्वेन सैन्येन भूयः सुरचमूं प्रति ॥ यौ तौ मयश्च त्वष्टा च देवदैत्येषु विश्रुतौ ॥ २४ ॥ प्रवरौ विश्वकर्माणौ मायाशतविशारदौ ॥ घोरस्तयोः संप्रहारः प्रावर्त्तत सुदारुणः ॥ २५ ॥ अन्योन्यस्पर्द्धिनोस्तत्र चिरात्प्रभृति संयुगे ॥ त्वष्टा तु निशितैर्बाणैर्दैत्यं तु बलदर्पितम् ॥ २६ ॥ पराक्रान्तं पराक्रम्य विव्याध त्रिशतैः शरैः ॥ मयस्तु प्रतिविव्याध त्वष्टारं निशितैः शरैः ॥२७॥ सुघातैः सुप्रसन्नाग्रैः शतकुम्भविभूषितैः ॥ ननाद दितिजश्रेष्ठो हतस्त्वष्टुः शरैर्मयः ॥२८॥ संक्रुद्धो दैत्यसैन्यस्य विचिन्वन्निव जीवितम् ॥ शक्तिं कनकवैदूर्यचित्रदण्डां महाप्रभाम् ॥ २९ ॥ देवो गृहीत्वा समरे दैत्येन्द्रं समपातयत् ॥ भीमां सर्वायसीं दृष्ट्वा पुरन्दर इवाशनिम् ॥ ३० ॥ तां त्वष्टुर्भुजनिर्मुक्तामर्कवैश्वानरप्रभाम् ॥ मयश्चिच्छेद तीक्ष्णाग्रैस्तूर्णं सप्तभिराशुगैः ॥ ३१ ॥ ततः क्षुण्वन्निव प्राणांस्त्वष्टुः कोपान्महासुरः ॥

बाहुबलको विस्तृत करके विविध प्रकारके बाणोंकी वर्षा करके मयदानवको बींध रहे थे, उसी प्रकार मयदानव भी सुवर्णभूषित तथा सरल अग्रभागवाले तीक्ष्ण बाणोंका प्रहार करके त्वष्टा (विश्वकर्मा) को बींधने लगा। अवसर पाकर मयने एक साथ तीन सौ बाणोंकी वर्षा करके त्वष्टाको ढाँक दिया ॥ २६ ॥ २७ ॥ तदनन्तर त्वष्टाने भी अपने सुवर्णपुङ्खविभूषित बाणोंसे मयपर प्रहार किया। त्वष्टाके प्रहारसे विकल होकर मयदानवने भीषण सिंहनाद किया ॥ २८ ॥ तदनन्तर देवसेनाका जीवन सुरक्षित करनेके विचारसे त्वष्टाने लौहनिर्मित तथा कनक-वैदूर्यविभूषित महातेजस्वी एक विकराल शक्ति लेकर उसीसे मयदानवपर प्रहार कर दिया। उस लौहमय, प्रज्वलित अग्निके समान भीषण तथा इन्द्रवज्रसदृश विकराल शक्तिका अपनी ओर आते देखकर मयने सात बाणोंसे बीच ही में काटकर उसे छिन्न-भिन्न कर दिया ॥ २९–३१ ॥ तदनन्तर जैसे त्वष्टाके प्राण लेनेके लिए हो मयने मयूरपुच्छसे शोभित बाणोंकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

झड़ी लगा दी ॥३२॥ त्वष्टाने भी अपने वेगवान, नतपर्व एवं परम तेजस्वी बाणोंसे मयदानवके उन सभी बाणोंको काट डाला ॥ ३३ ॥ तदनन्तर वे दोनों गर्जनशील दो साँड़ों अथवा दो बलवान बाघोंके समान पूर्ण तन्मयताके साथ एक दूसरेपर सांघातिक प्रहार करने लगे ॥ ३४ ॥ वे क्षण-क्षणपर क्रुद्ध सर्पके समान परस्पर एक दूसरेको निहार रहे थे। उन दोनोंकी आकांक्षा एक दूसरेको मार डालनेकी थी ॥ ३५ ॥ जैसे दो महान् गजराज दाँतोंसे दाँत भिड़ाकर जूझ रहे हों, ठीक उसी प्रकार वे कानतक धनुषकी डोरी खींचकर एक दूसरेपर निर्मम बाणप्रहार कर रहे थे ॥ ३६ ॥ तदनन्तर मयदानवने अत्यधिक क्रुद्ध होकर अतिशय प्रकाण्ड एवं सुवर्णखचित एक भयङ्कर गदा उठायी और उससे त्वष्टापर प्रहार कर दिया ॥ ३७ ॥ उस गदाके आघातसे इन्द्र द्वारा वज्राहत पर्वतके समान त्वष्टाके सभी घोड़े मर गये ॥ ३८ ॥ इसके बाद उस महादैत्यने क्रुद्ध होकर अपने दो तीक्ष्ण क्षुरप्र बाणोंसे त्वष्टाकी ध्वजा काट दी

प्रेषयामास संरब्धः शरान्बर्हिणवाससः ॥ ३२ ॥ चिच्छेद बाणांस्त्वष्टा ताञ्ज्वलितैर्नतपर्वभिः ॥ दैत्यस्य सुमहावेगैः सुवर्णविकृतैः शरैः ॥ ३३ ॥ तौ वृषाविव नर्दन्तौ बलिनौ वासितान्तरे ॥ शार्दूलाविव चान्योन्यं प्रसक्तावभिजघ्नतुः ॥ ३४ ॥ अन्योन्यं प्रतियुध्यन्तावन्योन्यवधकांक्षिणौ ॥ अन्योन्यमभिवीक्षन्तौ क्रुद्धावाशीविषाविव ॥ ३५ ॥ महागजाविवासाद्य विषाणाग्रैः परस्परम् ॥ शरैः पूर्णायतोत्सृष्टैरन्योन्यमभिजघ्नतुः ॥ ३६ ॥ ततः सुविपुलां दीप्तां मयो रुक्माङ्गदो गदाम् ॥ त्वष्टरि प्राहिणोत्क्रुद्धः सर्वप्राणहरां रणे ॥ ३७ ॥ तया जघानातिरथस्त्वष्टुरुत्तमवाजिनः ॥ गदया दानवः क्रुद्धो वज्रेणेन्द्र इवाचलान् ॥ ३८ ॥ ततः क्रुद्धो महादैत्यः क्षुराभ्यामथ संयुगे ॥ पुनर्द्वाभ्यां शराभ्यां तु निशिताभ्यां महारणे ॥ ३९ ॥ ध्वजं त्वष्टुरथ च्छित्त्वा सूतं निन्ये यमक्षयम् ॥ महाबलान्महावेगान्सदश्वान्गदयाऽहनत् ॥ ४० ॥ दृष्ट्वा त्वष्टा हतं सूतमश्वाँश्च विनिपातितान् ॥ हताश्वं रथमुत्सृज्य सूतं च पतितं भुवि ॥ ४१ ॥ विस्फारयन्महाचापं स्थितो भूमाविवाचलः ॥ हताश्वसूतं विरथं दृष्ट्वा रिपुमवस्थितम् ॥ ४२ ॥ जयश्रिया सेव्यमानो दीप्यमान इवानलः ॥ मयः कालान्तकप्रख्यश्चापपाणिरदृश्यत ॥ ४३ ॥ प्रादहद्देवसैन्यानि दावाग्निरिव काननम् ॥ त्वष्टुः सोऽक्षिपतात्युग्रान्नाराचांस्तिग्मतेजसः ॥ ४४ ॥ चतुर्दश शिलाधौतान्सायकान्विविधाकृतीन् ॥ ते पपुस्तस्य सैन्यस्य शोणितं रुक्मभूषणाः ॥ ४५ ॥ आशीविषा इव क्रुद्धा भुजङ्गाः कालचोदिताः ॥ ते क्षितिं समवर्तन्त शोभन्ते रुधिरोक्षिताः ॥ ४६ ॥

और उसके सारथीको यमपुरी भेज दिया। महाबली और महावेगवान् उनके अच्छे घोड़ोंको अपनी गदासे वह पहले ही मार चुका था ॥३९॥४०॥ सुरशिल्पी त्वष्टा (विश्वकर्मा) ने जब देखा कि रथके सारथी तथा घोड़े मर गये हैं, तब उन्होंने रथ त्याग दिया और भूमिपर आ खड़े हुए ॥ ४१ ॥ वे भूमिपर अचल पर्वतके समान खड़े होकर अपने धनुषका टंकोर करने लगे। उधर मयदानव शत्रुको पराजित करके धनुषका टंकोर करता खड़ा हुआ तो उसके शरीरकी कान्ति जयश्रीजनित शोभासे देदीप्यमान अग्निशिखाके समान चमकने लगी। उस समय ऐसा प्रतीयमान हुआ कि मानो कालान्तक यम मूर्तरूपमें खड़ा हो अथवा दावाग्नि समस्त देवतारूपी वनको भस्म करनेके लिए उद्यत हो। तदनन्तर दैत्यप्रवर मयने अतिशय तीक्ष्ण एवं विविध आकार-प्रकारके चौदह बाण छोड़े। वे स्वर्णविभूषित बाण जाकर बड़ी निर्दयताके साथ शत्रुओंका रुधिर पीने लगे ॥ ४२–४५ ॥ शोणित पान करके वे रुधिराक्त बाण जिस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समय पृथिवीमें प्रविष्ट हो गये तो ऐसा लगा कि मानो क्रुद्ध सर्पोंका आधा शरीर बिलमें घुस गया हो। उन विकराल बाणोंके उत्तरमें त्वष्टाने भी अतिशय उग्र एवं सुवर्णविभूषित चौदह बाण छोड़े। वे चौदहों बाण भी मयदानवकी दाहिनी भुजा छेदकर सर्पके समान धरतीमें घुस गये। भूमिमें प्रविष्ट होते समय उन बाणोंका एक प्रकारसे अद्भुत प्रकाश समस्त भूमण्डलमें व्याप्त हो गया ॥ ४६–४९ ॥ उस समय ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो अस्तोन्मुख सूर्यनारायणकी किरणें धरतीमें प्रविष्ट हो रही हैं। उसी बीच मय दानवने भी गरुड़ जैसे वेगवान्, तेजस्वी, शोणितपायी और अतितीक्ष्ण तीन बाण त्वष्टापर छोड़े। उन बाणोंकी मारसे व्यथित तथा लज्जित होकर त्वष्टा रणभूमिसे हट गये। इस प्रकार पराजित होकर विश्वकर्मा विषविहीन सर्पके समान बहुत खिन्न हुए ॥ ५०–५२ ॥ इस तरह विश्वकर्माको रथहीन करके मयदानव बहुत आनन्दित हुआ और अपने सुवर्णभूषित धनुषका टंकोर

अर्द्धप्रविष्टाः संरब्धा बिलानीव महोरगाः ।। तं प्रत्यविध्यत्त्वष्टा तु जाम्बूनदविभूषितैः ॥ ४७ ॥ चतुर्दशभिरत्युग्रैर्नाराचैरभिदारयन् ॥ ते तस्य
दैत्यस्य भुजं सव्यं निभिद्य पत्रिणः ॥ ४८ ॥ विदार्य विविशुर्भूमिं पन्नगा इव वेगिनः ॥ ते प्रकाशन्त नाराचाः प्रविशन्तो वसुंधराम् ॥ ४९ ॥
अस्तं गच्छन्तमादित्यं प्रविशन्त इवांशवः ॥ मयस्त्रिभिरथानर्च्छत्त्वष्टारं तु पतत्रिभिः ॥ ५० ॥ सुपर्णवेगैर्विकृतैर्ज्वलद्भिः प्राणनाशनैः ॥ त्वष्टाऽथ
मयनिर्मुक्तैः सायकैरर्दितः प्रभुः ॥ ५१ ॥ अपयातो रणं हित्वा व्रीडयाऽभिसमन्वितः ॥ तं तत्र हतसूतं च भुजंग इव निर्विषम् ॥ ५२ ॥ त्वष्टारं
विरथं कृत्वा मुदितः स तु दानवः ॥ विस्फार्यमाणो रुचिरं चापं रुक्मांगदं दृढम् ॥ ५३ ॥ रणे व्यतिष्ठद्दैत्येन्द्रो ज्वलन्निव हुताशनः ॥ पुलोमा
तु बलश्लाघी दक्षो दानवसत्तमः ॥ ५४ ॥ रथे श्वेतहयेनेह सार्द्धं युद्ध्यति वायुना ॥ सर्वेषामेव भूतानां यः प्राणः कथ्यते द्विजैः ॥ ५५ ॥
बलिना कालकल्पेन वायुना सह संगतः ॥ पुलोम्नस्तत्र पवनः श्रुत्वा ज्यातलनिःस्वनम् ॥ ५६ ॥ नामृष्यत यथा मत्तो गजः प्रतिगजस्वनम् ॥
दैत्यचापच्युतैर्बाणैः प्राच्छाद्यन्त दिशो दश ॥ ५७ ॥ रश्मिजालैरिवार्कस्य विततं साम्बरं जगत् ॥ स ताम्रनयनः क्रुद्धः श्वसन्निव महोरगः ॥५८॥
वृतो दैत्यशतैर्वायू रश्मिवानिव भास्करः ॥ दैत्यचापभुजोत्सृष्टाः शरा बर्हिणवाससः ॥ ५९ ॥ रुक्मपुङ्खाः प्रकाशन्ते हंसाः श्रेणीकृता इव ॥

करके प्रज्वलित अग्निके समान समरभूमिमें खड़ा हो गया। उसी समय बलगर्वित दानवसत्तम पुलोमा श्वेत अश्वसंयुक्त रथपर सवार होकर रणभूमिमें आ उपस्थित हुआ। समस्त जीवोंके शरीरमें संचरणशील तथा कालान्तक यमराजके समान विकराल वायुदेव उसके साथ लड़ने लगे ॥ ५३–५६ ॥ जिस प्रकार गजराज अपने प्रतिद्वन्द्वी गजका गर्जन सहनेमें असमर्थ होकर समरमें प्रवृत्त हो जाता है, उसी प्रकार वायुदेव पुलोमाकी ललकार सहनेमें असमर्थ होकर युद्धके लिए अग्रसर हुए। तत्काल पुलोमाके धनुषसे बाणसमूह निकलने लगे। जिससे ऐसा मालूम पड़ा कि मानो समस्त जगत् सूर्यभगवानकी किरणोंसे व्याप्त हो गया है। इधर रोषारुणनयन पवनदेव श्वासत्यागी सर्प तथा किरणराशिसम्पन्न सूर्यके समान शोभित हुए। दैत्यवर पुलोमाके धनुषसे छूटे मग भूषित वे सुवर्णमय बाण आकाशमें उड़नेवाले हंसोंके समान शोभित होने लगे ॥ ५७–५९ ॥ उस समय ऐसा लग रहा था कि मानो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुलोमाके धनुष, ध्वज और पताकासे विविध दीप्त बाणों तथा शस्त्रास्त्रोंकी अनरवत वर्षा हो रही है। इस प्रकार पुलोमा जितने ही सुवर्णनिर्मित सुतीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करता रहा, वे सब वायुदेवके निकट पहुँचकर अग्निमें गिरते हुए फतिंगोंके समान व्यर्थ हो जाते थे ॥ ६० ॥ ६१ ॥ तदनन्तर अत्यधिक क्रुद्ध तथा यमराजके समान अपने समक्ष उपस्थित पुलोमापर पवनदेवने पूर्णशक्तिसे नौ बाण छोड़े ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ ऐसे भीषण प्रहारसे भी पुलोमाका वेग रुकता न देखकर वायुदेवने उसपर बाणोंकी झड़ी लगा दी ॥ ६४ ॥ तत्पश्चात् उन्होंने अपने बीस नतपर्व बाणोंसे उसे बींध दिया। वायुदेवकी वह वीरता देखकर परम तेजस्वी दशमुख वायुदेवता उच्च स्वरसे पवनदेवका साधुवाद करते हुए बड़े जोरसे गर्जन करने लगे। उस तुमुल तथा लोमहर्षण शब्दके उठते ही पुलोमाके सैनिक अत्यन्त क्रुद्ध होकर पवनदेवकी ओर दौड़े। जैसे वर्षाकालीन मेघ पर्वतोंपर जलकी धारा बरसाते हैं, उसी प्रकार उनके

चापध्वजपताकाभ्यः शस्त्रा दीप्तमुखाश्च्युताः ॥६०॥ प्राप्तवन्तश्च दृश्यन्ते दैत्यस्यापततः शराः ॥ एवं सुतीक्ष्णान्खचराञ्छलभानिव पावके ॥६१॥
सुवर्णविकृतांश्चित्रान्मुमोच दितिजः शरान् ॥ तमन्तकमिव क्रुद्धमापतन्तं स मारुतः ॥ ६२ ॥ त्यक्त्वा प्राणानतिक्रम्य विव्याध नवभिः शरैः ॥
तस्य वेगमसंहार्यं दृष्ट्वा वायुः सनातनः ॥ ६३ ॥ उत्तमं जवमास्थाय व्यधमत्सायकव्रजान् ॥ तेजो विधम्य बलवाञ्छरजालानि मारुतः ॥ ६४ ॥
विव्याध दैत्यं विंशत्या विशिखैर्नतपर्वभिः ॥ मरुद्गणानां प्रवरा दश दिव्या महौजसः ॥ ६५ ॥ साधु साध्विति वेगेन सिंहनादं प्रचक्रिरे ॥ तस्मि-
न्समुत्थिते शब्दे तुमुले लोमहर्षणे ॥ ६६ ॥ अभ्यधावन्त दितिजाः पौलोमाः क्रोधमूर्छिताः ॥ ते समासाद्य पवनं समावृण्वञ्छरोत्तमैः ॥ ६७ ॥
पर्वतं वारिधाराभिः प्रावृषीव बलाहकाः ॥ ते पीडयन्तः पवनं क्रुद्धाः सप्त महारथाः ॥ ६८ ॥ प्रजासंहरणे घोराः सोमं सप्त ग्रहा इव ॥ ततो
दक्षिणमक्षोभ्यं नानारत्नविभूषितम् ॥ ६९ ॥ करं गजकराकारमुद्यम्य युधि मारुतः ॥ तेषां मूर्द्धसु दैत्यानां पातयामास वीर्यवान् ॥ ७० ॥ निहता
वायुवेगेन तेन सप्त महारथाः ॥ त्यक्त्वा प्राणान्पुलोमा तु विव्याध नवभिः शरैः ॥७१॥ प्रदर्पितमसंहार्यं दृष्ट्वा वायुं सनातनम् ॥ असंचिंत्य सुरौ-
घांस्ताञ्ज्वलितांश्च पुलोमतः ॥ ७२ ॥ तेषां विदार्य तेजांसि दानवानां महात्मनाम् ॥ शोणिताक्लिन्नमुकुटा गैरिकाक्ता इवाद्रयः ॥ ७३ ॥ ते
भिन्नवर्मास्थिभुजाः पतन्तो भान्ति दानवाः ॥ मातङ्गयूथसंरुग्णाः पुष्पिता इव पादपाः ॥ ७४ ॥ तेषां विदारितैर्देहैर्दानवानां महात्मनाम् ॥ ततः

निकट पहुँचकर वे सैनिक पवनदेवपर बाणोंकी वर्षा करने लगे। जिस तरह प्रलयकालमें सप्तग्रह चन्द्रमाको पीड़ित करते हैं, उसी प्रकार सात महारथी दैत्य पवनदेवको पीडित करने लगे। तदनन्तर जब पवनदेवने उन सातों महारथियोंको मार डालनेके लिए विविध रत्नभूषित दाहिना हाथ उठाकर उस समय दैत्यवर पुलोमाने प्राणपणसे चेष्टा करके उनपर नौ बाण चलाये ॥ ६५– १ ॥ क्योंकि उसने समझ लिया था कि सनातन पवनदेवको और किसी युक्तिसे पराजित नहीं किया जा सकता। किन्तु पवनदेवने उन बाणोंकी कुछ भी चिन्ता न करके उन दैत्योंके मस्तकोंपर इस प्रकार अपनी भुजयष्टिका प्रहार किया कि वे उस प्रहारसे ही यमपुरी पयान करनेके लिए विवश हो गये। उस भुजदण्डके आघातसे उनकी अस्थियाँ चूर्ण हो गयीं और वे मुकुटविहीन होकर गैरिकाक्त पर्वतके समान रुधिरसे लतपथ होकर धराशायी हो गये ॥७२॥७३॥ उस मारसे उन दैत्योंके कवच, अस्थियाँ तथा भुजायें छिन्न-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भिन्न हो गयीं और वे इस प्रकार असहाय दशामें पृथिवीपर लोटे गये, जैसे मतवाले हाथीके प्रहारसे पुष्पित वृक्ष लोटे पड़े हों ॥ ७४ ॥ उन महात्मा दानवोंके विदीर्ण शरीरसे रुधिरकी बड़ी भयानक नदी बह चली। उस नदीको देखकर भीरुजनोंका भय बढ़ गया। देवताओं और दैत्योंके शरीरसे जो रुधिर बहा, उससे रणभूमि बड़ी भयानक हो उठी ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ यक्ष, राक्षस, खेचर, ध्वजा-पताका-घण्टाविभूषित तथा विदीर्णमस्तक गजराज, विषैले तथा सर्पसदृश सुतीक्ष्ण सुवर्णपुङ्ख बाण, प्रास, तोमर, शक्ति, खड्ग, भाला, परशु, स्वर्णनिर्मित धनुष, गदा, मुसल, पट्टिश, स्वर्णमय अङ्गद, केयूर, मुकुट, कुण्डल, कवच, अंगुलित्र, हार, मणि एवं मरे हुए दैत्यसैनिकोंके रणभूमिमें गिरनेसे ऐसा ज्ञात होने लगा कि मानो समस्त आकाशमण्डल ग्रहगणोंसे व्याप्त हो गया है। देवताओं और दैत्योंका जैसा साहस और जैसा पराक्रम था, तदनुसार युद्ध भी उतना ही भीषण हो उठा ॥ ७७–८३ ॥ तदनन्तर एक

प्रावर्त्तत नदी रौद्ररूपा भयावहा ॥ ७५ ॥ प्रस्रवन्ती रणे रक्तं भीरूणां भयवर्द्धिनी ॥ देवैर्दैत्यगणैश्चैव रुधिरौघपरिप्लुता ॥ रणभूमिरभूद्रौद्रा तत्र तत्र सहस्रशः ॥ ७६ ॥ संभूता गतसत्त्वैश्च यक्षराक्षसखेचरैः ॥ सानुगैः सपताकैश्च सोपासङ्गरथध्वजैः ॥ ७७ ॥ शीर्णकुम्भैस्तथा नागैर्घण्टाभिस्तु विभूषितैः ॥ सुवर्णपुङ्खैर्ज्वलितैर्नाराचैस्तिग्मतेजसैः ॥ ७८ ॥ देवदानवनिर्मुक्तैः सविषैरुरगैरिव ॥ प्रासतोमरनाराचैः शक्तिखड्गपरश्वधैः ॥ ७९ ॥ सुवर्णविकृतैश्चापि गदामुसलपट्टिशैः ॥ कनकाङ्गदकेयूरैर्मणिभिश्च सकुण्डलैः ॥ ८० ॥ तनुत्रैः सतलत्रैश्च हारैर्निष्कैश्च शोभनैः ॥ हतैश्च दितिजैस्तत्र शस्त्रस्यन्दनवर्जितैः ॥८१॥ पतितैरपि विद्धैश्च शतशोऽथ सहस्रशः ॥ निपातितध्वजरथो हतवाजिरथद्विपः ॥८२॥ विमर्दो देवदैत्यानां सदृशः कर्मणा बभौ ॥ अथ दैत्यसहस्रेण पौलोमेन महासुरः ॥८३॥ संवृतः पवनः श्रीमान्गदामुसलपाणिना ॥८४॥ ते जघ्नुः शतसाहस्राः पवनं दानवोत्तमाः ॥ तैर्वध्यमानः स बभौ समन्तादर्पितैः शरैः ॥८५॥ हत्वाऽष्टौ तत्र योधानां शतानि पवनः प्रभुः ॥ कृत्वा मार्गं सुरश्रेष्ठो ननाद सुमहारथः ॥८६॥ अद्यापि च सुविस्तीर्णः पन्थाः संदृश्यते दिवि ॥ नाम्ना वायुपथो नाम सिद्धाः पश्यन्ति तं दिवि ॥८७॥ वैशम्पायन उवाच ॥ हयग्रीवस्तु दितिजः पूषणं प्रति वीर्यवान् ॥ ननाद सुमहानादः सिंहनादं महारथः ॥ ८८ ॥ विस्फार्य सुमहच्चापं हेमजालविभूषितम् ॥ पूषणं दितिजोऽपश्यत्क्रुद्धो घोरेण चक्षुषा ॥ ८९ ॥ भुजाभ्यामाददानस्य संदधानस्य वै शरान् ॥ मुञ्चतः कर्षतो वापि ददृशुस्तत्र नान्तरम् ॥ ९० ॥ अग्निचक्रोपमं दीप्तं मण्ड-

साथ चारों ओरसे पुलोमा दैत्यके असंख्य सैनिक गदा और मुसल हाथमें ले-लेकर पवनदेवपर प्रहार करने लगे ॥ ८४ ॥ जब वे हजारों दैत्य बाणवर्षा करते हुए पवनदेवपर टूट पड़े तो ऐसा लगा कि जैसे किसी मस्त गजराजको अनेक महावत मिलकर अंकुशसे बींध रहे हों ॥ ८५ ॥ तत्पश्चात् परमप्रभु पवनदेवने अपने पराक्रमसे आठ सौ दैत्योंका वध करके रास्ता निकाला और बाहर आकर जोरोंके साथ गर्जन करने लगे ॥ ८६ ॥ सिद्ध पुरुषोंको आकाशमण्डलमें जो सुविस्तीर्ण मार्ग दृष्टिगोचर होता है, वह पवनदेव द्वारा ही निर्मित हुआ था। इसी कारण वह आज भी वायुपथ नामसे विख्यात है ॥ ८७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! इधर महाबली और परमपराक्रमी महारथी दैत्य हयग्रीव पूषादेवके साथ युद्ध करता हुआ भीषण सिंहनाद करने लगा ॥ ८८ ॥ तदनन्तर हयग्रीवने अपना विशाल धनुष विस्फारित करके क्षणभर क्रोधपूर्ण दृष्टिसे पूषाकी ओर निहारा ॥ ८९ ॥ अन्तमें वह इस प्रकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हस्तलाघव प्रदर्शित करने लगा कि दर्शकोंको यह मालूम ही नहीं पड़ रहा था कि वह कब धनुष खींचता है, कब बाण चढ़ाता है और कब छोड़ता है ॥ ९० ॥ अग्निचक्रके समान उसका भयानक और तेजस्वी धनुष दायें-बायें मण्डलाकार घूमता हुआ दिखायी देता था ॥ ९१ ॥ उसके सुवर्णपुङ्ख तथा तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षासे सब दिशायें ढँक गयीं और सूर्यकी प्रभा तिरोहित हो गयी ॥ ९२ ॥ आकाशमण्डलमें नतपर्व बाणोंके अतिरिक्त और कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं होता था। पर्वतश्रृङ्गाकार उसके धनुषसे जो श्रेणीबद्ध बाण निकल रहे थे, उन्हें देखकर ऐसा बोध होता था कि मानो आकाशमार्गसे श्येन (बाज) पक्षी की पंक्ति उड़ी जा रही हो। हयग्रीवके सभी बाण गृध्रपंखसे सुशोभित, शिलाशाणित, स्वर्णविभूषित, सरल तथा वेगवान् थे ॥ ९३–९६ ॥ वे श्रेणीबद्ध बाण आ-आकर पूषाके शरीरमें चुभ रहे थे। उन बाणोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानो ग्रीष्मकालके अन्तमें खद्योत (जुगनू) गण आकाश-

लीकृतकार्मुकम् ॥ तदासीद्दानवेन्द्रस्य सव्यदक्षिणमस्यतः ॥ ९१ ॥ रुक्मपुङ्खैस्ततस्तस्य चापमुक्तैः शितैः शरैः ॥ प्राच्छाद्यन्त शिलाधौतैर्दिशः सूर्यस्य च प्रभाः ॥ ९२ ॥ ततः कनकपुङ्खानां शराणां नतपर्वणाम् ॥ ९३ ॥ नभश्चराणां नभसि दृश्यन्ते बहवो व्रजाः ॥ गिरिकूटनिभाच्चापात्प्रभवन्तः शरोत्तमाः ॥ ९४ ॥ श्रेणीभूताः प्रकाशन्ते यान्तः श्येना इवाम्बरे ॥ गृध्रपत्राञ्छिलाधौतान्कार्तस्वरविभूषितान् ॥ ९५ ॥ महावेगान्प्रशस्ताग्रान्मुमोच दितिजः शरान् ॥ ततश्चापबलोद्धूताः शातकुम्भविभूषिताः ॥ ९६ ॥ देहे समवकीर्यन्त पूष्णः सन्निहिताः शराः ॥ ते व्योम्नि रुक्मविकृताः संप्रकाशन्त सर्वशः ॥ ९७ ॥ खद्योता इव घर्मान्ते खे चरन्तः समन्ततः ॥ शिलाधौताः प्रसन्नाग्राः पूषणं सिषिचुः शराः ॥ ९८ ॥ पर्वतं वारिधाराभिर्यथा प्रावृषि तोयदाः ॥ ततः प्रच्छादयामास पूषणं शरवृष्टिभिः ॥ ९९ ॥ पर्वतं वारिधाराभिश्छादयन्निव तोयदः ॥ ततः सपूष्णोऽदेवस्य बलं वीर्यं पराक्रमम् ॥ १०० ॥ व्यवसायं च सत्त्वं च पश्यन्ति त्रिदशाद्भुतम् ॥ तां समुद्रादिवोद्धूतां शरवृष्टिं समुत्थिताम् ॥१०१॥ नाचिन्तयत्तदा पूषा दैत्यं चाभ्यद्रवद्रणे ॥ हेमपृष्ठं महानादं पूष्ण आसीन्महाधनुः ॥ १०२ ॥ विकृतं मण्डलीभूतं शक्राशनिमिवापरम् ॥ ततः शराः प्रादुरासन्पूरयन्त इवाम्बरम् ॥१०३॥ सुवर्णपुङ्खाः पूष्णस्ते प्रभवन्तः शरासनात् ॥ मालेव रुक्मपुङ्खानां वितता व्योम्नि पत्रिणाम् ॥१०४॥ प्रादुरासीन्महाघोरा बृहती पूषकार्मुकात् ॥ ततो व्योम्नि विभक्तानि शरजालानि सर्वशः ॥१०५॥ आहतानि व्यशीर्यन्त शरैः सन्नतपर्वभिः ॥

मण्डलमें चमक रहे हों ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ जैसे मेघ अपनी जलधारासे पर्वतको आच्छन्न कर देते हैं, उसी प्रकार हयग्रीवने अपनी विकराल बाणवर्षासे पूषाको ढाँक दिया ॥९९॥१००॥ समुद्रसे उत्पन्न वृष्टिधाराके समान अनवरत बाणधारा बरसने लगी। किन्तु पूषा देवता उससे तनिक भी विचलित नहीं हुए। देवता उनका साहस देखकर आश्चर्यमें पड़े हुए थे ॥१०१॥ पूषाके हाथका धनुष हेमपृष्ठ, गम्भीर निर्घोष और बड़ा विशाल था। वे उस धनुषको लेकर बड़े क्रोधके साथ हयग्रीवकी ओर दौड़े। तदनन्तर उस इन्द्रायुधसदृश धनुषको उन्होंने ज्यों ही खींचा और वह मंडलाकार हुआ, त्यों ही उससे बाण निकल-निकालकर आकाशमण्डलको आच्छन्न करने लगे ॥१०२॥१०३॥ चारों ओर फैले हुए वे बाण मालाके समान शोभित हो रहे थे ॥१०४॥ इस प्रकार पूषादेवके धनुपसे निकले बाणोंने समस्त नभमण्डलको ढाँक दिया ॥१०५॥ किन्तु हयग्रीवके नतपर्व बाणोंकी वर्षाके समक्ष उनके सब बाण छिन्न हो जाते थे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फिर भी वे अपने नामसे अंकित तथा सूर्यसदृश तेजस्वी बाणोंकी वर्षा करके हयग्रीवको त्रस्त करते रहे ॥ १०६ ॥ १०७ ॥ दैत्यवर हयग्रीव अपनेपर पूषाके अत्याचारको अधिक सहनेमें असमर्थ होकर क्रोधसे अग्निके समान तमतमा उठा। अब उसने ऐसी तीक्ष्ण बाणवर्षा आरम्भ कर दी कि प्रथम प्रहारमें ही पूषाके ध्वजा, पताका, धनुष, रथकी रास एवं घोड़ोंकी लगाम काट दी। तदनन्तर चार तीक्ष्ण बाणोंका प्रहार करके उसने रथके घोड़ोंको भी मार डाला ॥ १०८–११० ॥ उसी प्रहारसे रथका सारथी भी भूमिपर आ गिरा। इस प्रकार हयग्रीवने रणभूमिमें पूषाको रथहीन कर दिया ॥ १११ ॥ इस तरह पराजित होकर पूषादेव हयग्रीवके रथके पाससे भागकर यमपुरीसे लौटे हुए व्यक्तिके समान इन्द्रके रथके पास जा पहुँचे ॥११२॥ उधर सुरसत्तम भगके साथ शम्बरासुरका घोर युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ११३ ॥ असुरवर शम्बरासुरका धनुष छः हाथ लम्बा और साढ़े तीन हाथ विस्तृत था।

ततः कनकपुङ्खानां छिन्नानां कङ्कवाससाम् ॥ १०६ ॥ पततां पात्यमानानां खमासीच्चावृतं रणे ॥ पूषा प्रापूरयद्बाणैर्हयग्रीवं शिलाशितैः
॥ १०७ ॥ नामाङ्कैरर्कसदृशैर्दिव्यहेमपरिष्कृतैः ॥ ततो व्यसृजदुग्राणि शरजालानि दानवः ॥ १०८॥ अमर्षी बलवान्क्रुद्धो दिधक्षन्निव पावकः ॥
पूष्णस्त्वाजौ ध्वजं चैव पताकां धनुरेव च ॥ १०९ ॥ रश्मीन्योक्त्राणि चाश्वानां हयग्रीवो रणेऽच्छिनत् ॥ अथाप्यश्वान्पुनर्हत्वा चतुर्भिः सायको-
त्तमैः ॥ ११० ॥ सारथिं सुमहातेजा रथोपस्थादपातयत् ॥ कृतस्तु विरथः पूषा हयग्रीवेण संयुगे ॥ १११ ॥ पूषा तस्य रथाभ्यासात्स ययौ तेन
वै जितः ॥ गतः शक्ररथाभ्यासं मुक्तो मृत्युमुखादिव ॥ ११२ ॥ तत्राद्भुतमिदं भूयो युद्धं वर्तत दारुणम् ॥ कृतप्रतिकृतं घोरं शम्बरस्य भगस्य
च ॥ ११३ ॥ सप्तकिष्कुपरीणाहं द्वादशारत्निकार्मुकम् ॥ चापं चाशनिनिर्घोषं दृढज्यं भारसाधनम् ॥ कर्षन्नथाक्षसदृशान्व्यसृजत्सायकान्ब-
हून् ॥ ११४ ॥ क्रोधसंरक्तनयनः शम्बरः सर्वयोगवित् ॥ तेन वित्रास्यमानानि देवसैन्यानि सर्वशः ॥ ११५ ॥ समकम्पन्त भीतानि
सिन्धोरिव महोर्मयः ॥ तमापतन्तं सम्प्रेक्ष्य विरूपाक्षं विभीषणम् ॥११६॥ भगः प्रस्फुरमाणोष्ठस्त्वरमाणो व्यदारयत् ॥ ततो भगो महेष्वासो दिव्यं
विस्फारयन्धनुः ॥ ११७ ॥ अवाकिरन्दैत्यगणाञ्छरजालेन छादयन् ॥ तमभ्यगाद्भगो दैत्यं तूर्णमस्यन्तमन्तिकात् ॥ ११८ ॥ मातंगमिव
मातंगो वृषं प्रति वृषो यथा ॥ तौ प्रगृह्य महावेगौ धनुषी भारसाधने ॥ ११९ ॥ प्रच्छादयेतामन्योन्यं तक्षमाणौ रणे शरैः ॥ तयोः सुतुमुलं

उसकी प्रत्यञ्चा बहुत मजबूत थी और उस धनुषका शब्द वज्रपातसदृश भयङ्कर था। वह उस भारी धनुषको बार-बार खींचकर रथके धुरे जैसे मोटे-मोटे बाणोंकी वर्षा कर रहा था ॥ ११४ ॥ सब प्रकारकी मायाओंके विज्ञ शम्बरासुरके क्रोधारुण नेत्रको देखकर देवसैनिक महाभयभीत होकर समुद्रकी तरंगोंके समान काँपने लगे ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ वेगवान्, भीषणाकार एवं विकृतनेत्र शम्बरको देखकर क्रोधसे भगदेवके होंठ काँपने लगे और बड़ी फुर्तीके साथ वे उसे रोकनेके लिए अपने धनुषके टंकोरसे सभी दिशाओंको मुखरित करते तथा भीषण बाणवर्षा करते हुए उसके समीप जा पहुँचे ॥ ११७ ॥ ११८ ॥ तदनन्तर जैसे कोई एक मस्त हाथी दूसरे हाथी तथा एक साँड़ दूसरे साँड़की ओर दौड़े, उसी प्रकार भगदेव बाण बरसाते हुए शम्बरासुरपर झपटे। सामना होनेपर वे दोनों परस्परकी विकराल बाणवर्षासे आच्छादित हो गये। बाणोंके आघात-प्रत्याघातसे दोनोंके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शरीर क्षत-विक्षत हो गये। इस प्रकार उन दोनोंमें भीषण युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ११९ ॥ १२० ॥ वह युद्ध इतना भयानक था कि किसी युद्धके साथ उसकी तुलना नहीं की जा सकती थी। वे कानतक धनुषकी डोरी खींचकर परस्पर एक दूसरेका कांस्यनिर्मित कवच छेदन करते हुए निर्मम प्रहार कर रहे थे। सारा शरीर क्षत-विक्षत हो जानेके कारण उनके सभी अंग रुधिरसे भींग गये थे ॥ १२१ ॥ १२२ ॥ वे परम रणमत्त महारथी रोषभरी दृष्टिसे परस्पर एक दूसरेको निहारनेकी चेष्टा कर रहे थे, किन्तु तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षाके कारण उन्हें दृष्टिपातके लिए अवकाश ही नहीं मिल रहा था ॥ १२३ ॥ उस समय कालान्तक यमराजके समान क्रोधसे लाल नेत्रोंवाले शम्बरासुरने इस प्रकार भयानक बाणोंका प्रहार आरम्भ कर दिया, जिससे ऐसा मालूम पड़ने लगा कि मानो गरुड़ आकाशमण्डलमें उड़कर बड़े-बड़े सर्पोंको उछाल रहे हों ॥ १२४ ॥ १२५ ॥ किन्तु देवसत्तम भग अग्निसदृश तेजस्वी उन शस्त्रोंको अपने पास आनेके पहले आकाशमें ही काटकर छिन्न-भिन्न कर देते थे ॥ १२६ ॥ उसी समय अवसर पाकर शम्बरासुरने

युद्धमासीद्घोरं महारणे ॥ १२० ॥ भगशम्बरयोर्भीममप्रमेयं महात्मनोः ॥ अथ पूर्णायतोत्सृष्टैः शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ १२१ ॥ व्यदारयेतामन्योन्यं कार्ष्णे निर्भिद्य चर्मणी ॥ तौ तु विकृतसर्वाङ्गौ रुधिरेण समुक्षितौ ॥ १२२ ॥ संप्रेक्ष्यमाणौ रथिनावुभौ परमदुर्मदौ ॥ तक्षमाणौ सितैर्बाणैर्नान्वीक्षितुमशक्नुताम् ॥ १२३ ॥ अथ विव्याध समरे त्वरमाणोऽसुरो भगम् ॥ नाराचैः क्रोधताम्राक्षः कालान्तकयमोपमः ॥ १२४ ॥ गरुत्मानिव चाकाशे पोथयानो महोरगम् ॥ नाराचा न्यपतन्देहे तूर्णं शम्बरचोदिताः ॥ १२५ ॥ तानन्तरिक्षे नाराचान्भगश्चिच्छेद पत्रिभिः ॥ ज्वलन्तमचलप्रख्यं वैश्वानरसमप्रभम् ॥ १२६ ॥ ततो भगं चतुःषष्ट्या विव्याधासुरसत्तमः ॥ शिलीमुखैर्महावेगैर्जाम्बूनदविभूषितैः ॥ १२७ ॥ तदा तत्सुचिरं कालं युद्धं सममिवाभवत् ॥ शम्बरस्य च मायाभिर्नादृश्यत ततोऽम्बरम् ॥ १२८ ॥ दोर्भ्यां चिक्षिपतश्चापं रणे विष्टभ्य तिष्ठतः ॥ श्रूयते धनुषः शब्दो विस्फूर्जितमिवाशनेः ॥ १२९ ॥ स भगस्य हयान्हत्वा सारथिं च महाहवे ॥ अभ्यवर्षच्छरैरेनं पर्जन्य इव वृष्टिमान् ॥ १३० ॥ न तस्यासीदनिर्भिन्नं गात्रे द्व्यंगुलमन्तरम् ॥ भगदेवस्य दैत्येन शम्बरेणास्त्रघातिना ॥ १३१ ॥ दैत्यस्य चाद्भुतं दिव्यमस्त्रमस्त्रेण धारयन् ॥ मायायुद्धेन मायावी शम्बरोऽस्तमयोऽभवत् ॥ १३२ ॥ अवञ्चयद्भगं दैत्यो मायाभिर्लाघवेन च ॥ भगस्तस्य रथं साश्वं शरवर्षैरवाकिरत् ॥ १३३ ॥ सहस्रमायो

अपने अतिशय तीक्ष्ण तथा स्वर्णभूषित चौंसठ बाणोंसे भगदेवताको बींध दिया ॥ १२७ ॥ इस प्रकार बड़ी देरतक समानभावसे उन दोनोंमें भयानक संग्राम चलता रहा। उसके बाद जब शम्बरने मायाका विस्तार किया तो आकाश भी देखना कठिन हो गया ॥ १२८ ॥ उस समय वज्राघातके समान धनुषके टंकोरका शब्दमात्र सुनायी देता था ॥ १२९ ॥ तदनन्तर शम्बरने अपने कौशलसे भगदेवके घोड़ों एवं सारथीका विनाश करके अनवरत बाणवर्षा आरम्भ कर दी ॥ १३० ॥ अब भगदेव अपने शस्त्रबलसे शम्बरके दिव्य शस्त्रास्त्रोंका निवारण करने लगे। यद्यपि उनके शरीरमें दो अंगुल भी ऐसी जगह नहीं बची थी कि जहाँ शम्बरके शस्त्रोंकी मारसे घाव न हो गया हो ॥ १३१ ॥ वे महाबली और परमपराक्रमी दैत्य शम्बरासुरके मायाबल तथा हस्तलाघवसे बेहद ठगे जाने लगे। क्योंकि वह अलक्षितभावसे उनपर प्रहार कर रहा था। किन्तु भगदेवता अब भी उसके रथ तथा घोड़ोंपर बराबर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाणवर्षा करते जा रहे थे ॥१३२॥१३३॥ उन्होंने पहले तो सोचा था कि शम्बर दानव बाणवर्षामें विलीन हो गया है, किन्तु तनिक देर बाद उसे भूमिपर अचेत पड़ा देखा। कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि पर्वताकार सैकड़ों शम्बर युद्ध कर रहे हैं ॥ १३४ ॥ तनिक ही देर बाद ऐसा दिखायी पड़ा कि शम्बरासुर एक दिग्गजपर सवार होकर लड़ रहा है। इसी प्रकार वह कभी बालिश्त बराबर और कभी पर्वत जैसा विशालकाय हो जाता था ॥१३५॥१३६॥ कभी वह महामेघके समान ऊपर आकाशमें मँडराने लगता और कभी नीचे उतर आता था। विकटाकार शम्बरासुरके :इस प्रकार विविध विकृत रूपोंको देखकर देवसैनिक सिंहको देखनेसे भयभीत मृगोंके समान अत्यन्त भयभीत होकर चारों ओर भागने लगे। उसी समय दैत्य शम्बर विकराल रूप धारण करके अपने सिंहगर्जनसे दसों दिशाओंको परिपूरित करता हुआ आकाशमार्गमें उड़ने लगा। कुछ क्षणोंमें उसने देवराज इन्द्र तथा संवर्तक मेघके समान प्रचुर जल

द्युतिमान्देवसेनां न्यषूदयत ॥ अदृश्यत शरैश्छन्नः शंबरः शतशो रणे ॥ १३४ ॥ अदृश्यत्पतितो भूमौ गतचेता इवासुरः ॥ अथ स्म युध्यते
भूयः शतधा शैलसन्निभः ॥ १३५ ॥ दिशागजेन्द्रमारूढो दृश्यते स पुनर्बली ॥ प्रादेशमात्रश्च पुनः पुनर्भवति शैलवत ॥ १३६॥ महामेघ इव
श्रीमांस्तिर्यगूर्ध्वं च सोऽभवत् ॥ पुनः कृत्वा विरूपाणि विकृतानि च सर्वशः ॥ १३७ ॥ सर्वां भीषयते सेनां देवानां भीमदर्शनः ॥ ते भीताः
प्रपलायन्ते सिंहं दृष्ट्वा मृगा यथा ॥ ततः सोऽन्यं वरं देहं कृत्वा प्रांशुतरं पुनः ॥ १३८ ॥ गच्छत्यूर्ध्वगतिं घोरो दिशः शब्देन पूरयन् ॥
नभस्तलगतश्चापि वर्षते वासवो यथा ॥ १३९ ॥ संवर्त्तकाम्बुदप्रख्यः पूरयन्पृथिवीतलम् ॥ संवर्तकोऽनलश्चैव भूत्वा भीमपराक्रमः ॥ १४० ॥
शतवर्मा शतशिखो ददाह च पुनः सुरान् ॥ मुहूर्ताच्च महाशैलः शतशीर्षा शतोदरः ॥ १४१ ॥ अदृश्यत दिवस्तम्भः शतशृंग इवाचलः ॥
येऽन्ये दैत्याश्च साध्याश्च ये च विश्वे च देवताः ॥ १४२ ॥ क्षिपन्त्यस्त्राणि दिव्यानि तानि सोऽग्रसतासुरः ॥ युद्ध्यमानश्च समरे सरथः
सोऽसुरोत्तमः ॥ १४३ ॥ गन्धर्वनगराकारस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ ते भीताः समुदीक्षन्त त्रिदशा भीमविक्रमाः ॥ १४४ ॥ सहस्रमायं समरे शंबरं
चित्रयोधिनम् ॥ स भगो भयसंत्रस्तो दानवेन्द्रस्य संयुगे ॥ १४५ ॥ रथं त्यक्त्वा महाभागो महेन्द्रं शरणं गतः ॥ पराजित्य तु तं देवं दानवेन्द्रः

बरसाकर सारी पृथिवी जलमयी कर दी। तनिक ही देर बाद वह रूप त्यागकर शतावर्त तथा शतशिखासम्पन्न भयंकर संवर्तक अग्निका रूप धारण करके देवताओंको झुलसने लगा। मुहूर्त भरके भीतर एक साथ समस्त आकाशको घेरकर वह शतशृंग तथा शतोदर पर्वत बन गया ॥१३७–१४१॥ अब दैत्य, साध्य तथा विश्वेदेव जिन-जिन शस्त्रास्त्रोंका प्रयोग करते थे, उन सबको शम्बरासुर उदरस्थ करने लगा। सहसा गन्धर्वनगराकार वह दानव जिस रथपर बैठकर युद्ध कर रहा था, उस रथ समेत वह कहाँ लुप्त हो गया, इस भेदको कोई नहीं जान सका। उस मायावी दानवके इस प्रकार अलक्षित हो जानेपर बलवान् देवगण भयभीत होकर इधर-उधर निहारने लगे ॥ १४२–१४४ ॥ सहस्रों मायाओंके विज्ञ तथा विचित्र योद्धा शम्बरके डरसे भगदेव अपना रथ त्यागकर देवराज इन्द्रकी शरणमें जा पहुँचे। इधर प्रबल प्रतापी शम्बरासुर भगदेवको इस प्रकार पराजित करके महातेजस्वी एवं महाप्रभासम्पन्न अग्निदेवके पास

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गया। उनके समीप पहुँचकर अति कठोर वाणीमें बारम्बार धमकाता हुआ वह कहने लगा—'मैं तुम्हारी मृत्यु बनकर आया हूँ।' इतना कहकर वह तत्काल अन्तर्धान हो गया ॥ १४६–१४७ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज! उसी समय कैलास-शिखराकार द्विजराज शशधर चन्द्रदेव शीतास्त्र लेकर ग्रहगणोंके साथ रणभूमिमें उतरे और दानवसैनिकोंका संहार करने लगे ॥१४८॥१४९॥ उनके हिमास्त्रके प्रहारसे शत्रुपक्षके रथ तथा घोड़े अस्त-व्यस्त हो गये। युगान्तकालीन यमराजके समान भीषण आकार धारण करके रणभूमिमें विचरते हुए चन्द्रदेवने बड़े वेगके साथ रथोंको खींच-खींचकर दावाग्निके समान दैत्यसेनाको भस्म करना आरम्भ कर दिया ॥१५०॥१५१॥ उनके शस्त्र बलसे रथी रथोंपर और पैदल सैनिक भूमिपर गिरकर मर्दित होने लगे ॥१५२॥ वायुके वेगसे आहत वृक्षोंके समान दानवसेना चन्द्रदेवके हिमास्त्रपातसे नितान्त पीडित हो उठी ॥१५३॥ किसी समय रुद्रदेव कुपित होकर पशुओंका

प्रतापवान् ॥१४६॥ गतो यत्र महातेजा जातवेदा महाप्रभः ॥ स वह्निं वाग्भिरुग्राभिः क्रुद्धस्तर्जयते बली ॥ भवाम्येष हि ते मृत्युरित्युक्त्वाऽन्त-
रधीयत ॥१४७॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नन्तरे भूत्वा ब्राह्मणेन्द्रो महाबलः ॥ जघान सोमः शीतास्त्रो दानवानां चमूं रणे ॥१४८॥ कैलास-
शिखराकारो द्युतिमद्भिर्गणैर्वृतः ॥ अवधीद्दानवान्दृष्ट्वा दण्डपाणिरिवान्तकः ॥१४९॥ पोथयद्रथवृन्दानि वाजिवृन्दानि वै प्रभुः ॥ दैत्येषु विचरञ्छ्री-
मान् युगान्ते कालवद्बली ॥ १५० ॥ सोऽमर्षाद्रथजालानि उरुवेगेन चन्द्रमाः ॥ ददाह दानवान्सर्वान्दावाग्निरिव चोदितः ॥ १५१ ॥ मृद्नन्रथेभ्यो
रथिनो गजेभ्यो गजयोधिनः ॥ सादिनश्चाश्वपृष्ठेभ्यो भूमौ चापि पदातिनः ॥ १५२ ॥ शीतेन व्यधमत्सर्वान्वायुर्वृक्षानिवौजसा ॥ चन्द्रमाः
सुमहातेजा दानवानां महाचमूम् ॥ १५३ ॥ तदस्त्रमभवत्तस्य प्रदिग्धं शत्रुशोणितैः ॥ पिनाकमिव रुद्रस्य क्रुद्धस्याभिघ्नतः पशून् ॥ १५४ ॥
युगान्तकोपमः श्रीमान्दैत्येषु व्यचरद्बली ॥ आवार्य महतीं सेनां प्रद्रवन्तीं पुनः पुनः ॥ १५५ ॥ चन्द्रं मृत्युमिवायान्तं दृष्ट्वा योधा विसिस्मियुः ॥
यतो यतः प्रक्षिपति शिशिरास्त्रं तमोनुदः ॥ १५६ ॥ ततस्ततो व्यशीर्यन्त दैत्यसैन्यानि संयुगे ॥ व्यदारयत्स सैन्यानि स्वबलेनाभिसंवृतः
॥ १५७ ॥ ग्रसमानमनीकानि व्यादितास्यमिवान्तकम् ॥ तं तथा भीमकर्माणं गृहीतास्त्रं महाहवे ॥ १५८ ॥ दृष्ट्वा शशांकमायान्तं दैत्याभं
चन्द्रभास्करौ ॥ तालमात्राणि चापानि कर्षमाणौ महाबलौ ॥१५९॥ छादयेतां शरैश्चन्द्रं वृष्टिमन्ताविवाम्बुदौ ॥ अथ विस्फार्यमाणानां कार्मुकाणां

संहार करने लगे थे, उस समय उनका धनुष जिस प्रकार रुधिरसे आर्द्र हो गया था। ठीक उसी प्रकार सोमदेवका शीतास्त्र शत्रुओंके रुधिरसे आर्द्र हो उठा ॥ १५४ ॥ वे पलायनोन्मुख देवसेनाको रोकते हुए प्रलयकालीन यमराजके समान रणभूमिमें चक्कर लगा रहे थे ॥ १५५ ॥ शत्रुपक्षके लिए मूर्तिमान् कालके समान चन्द्रदेवको रणमें उपस्थित देखकर असुर बहुत विस्मित हुए। चन्द्रमा जिधर भी अपने शिशिरास्त्रका प्रयोग करते थे, उधरकी दैत्यसेना सर्वथा छिन्न-भिन्न हो जाती थी। अपनी विशाल सेनासे परिवेष्टित होकर चन्द्रमाके इस प्रकार दानवी सेनाका संहार करनेसे ऐसा लगने लगा कि मानो काल स्वयं अपना मुख फैलाकर असुरसेनाको उदरस्थ कर रहा है। उन्हें देखकर चन्द्रमा और सूर्य ताड़वृक्षके समान विशाल धनुष लेकर वर्षणकारी दो मेघोंके समान बाणवर्षा करके शशांकदेवको आच्छादित कर दिया। तब देवताओं तथा असुरोंके धनुषटंकोरसे दसों दिशायें प्रतिध्वनित हो उठीं। हाथियोंके चिंघाड़

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घोड़ोंकी हिनहिनाहट, भेरी, शंख तथा मृदंगकी ध्वनि ये सब शब्द सम्मिलित हो गये तो एक विचित्र कोलाहल मच गया ॥ १५६–१६१ ॥ जयाभिलाषी योद्धागण क्रुद्ध होकर गोष्ठ-स्थित बैलोंके समान गर्जन करके परस्पर एक दूसरेपर बाण बरसाने लगे। उस भीषण युद्धमें जब योद्धाओंके सिर कट-कटकर गिरने लगे तो ऐसा लगा कि मानो आकाशसे उपलवृष्टि हो रही हो। कुण्डल, पगड़ी तथा स्वर्णमाल्यालंकृत कितने मस्तक धरतीपर गिर रहे थे, उनकी गणना असम्भव थी ॥ १६२–१६४ ॥ उनमेंसे किसी-किसोका शरीर क्षत-विक्षत हो गया था। मर जानेपर भी किसी-किसीकी मुट्ठीमें धनुष जकड़ा हुआ था। किसी वीरका कवचावृत तथा अलंकृत हाथ और शरीर रुधिरसे सना हुआ था। किसीका तेजस्वी ऊरुप्रदेश, किसीका कुण्डलावृत शशांकनिभ मुख और इनके अतिरिक्त हाथी-घोड़ोंके मृत शरीरोंके गिरनेके कारण एक मुहूर्तके भीतर सारी रणभूमि भर गयी ॥ १६५–१६७ ॥ घोरतर धनुषरूपी मेघके

सुरासुरैः ॥ १६० ॥ अभवत्सुमहाशब्दो दिशः सन्नादयन्निव ॥ विनदाद्भिर्महानागैर्हेषमाणैश्च वाजिभिः ॥ १६१ ॥ भेरीशंखनिनादैश्च तुमुलं सर्वतोऽभवत् ॥ युयुत्सवस्ते संरब्धा जयगृद्धा यशस्विनः ॥ १६२ ॥ अन्योन्यमभिगर्जन्तो गोष्ठेष्विव महावृषाः ॥ शिरसां पात्यमानानां समरे निशितैः शरैः ॥ १६३ ॥ अश्मवृष्टिरिवाकाशे ह्यभवत्सेनयोस्तयोः ॥ कुण्डलोष्णीषधारीणि जातरूपस्रजांसि च ॥१६४॥ पतितानि स्म दृश्यन्ते शिरांसि रणमूर्द्धनि ॥ विशिखैर्मथितैर्गात्रैर्बाहुभिश्च सकार्मुकैः॥१६५॥ सहस्राभरणैश्चान्यैर्विच्छिन्नै रुधिरोक्षितैः ॥ कवचैरावृतैर्गात्रैरूरुभिश्चन्दनोक्षितैः ॥ १६६ ॥ मुखैश्च चन्द्रसंकाशैस्तप्तकुण्डलभूषणैः ॥ गजवाजिमनुष्याणां सर्वगात्रैः समन्ततः ॥१६७॥ आसीत्सर्वा समाकीर्णा मुहूर्तेन वसुंधरा ॥ चापमेघाश्च विपुलाः शस्त्रविद्युत्प्रकाशिनः ॥ वाहनानां च निर्घोषः स्तनयित्नुसमोऽभवत् ॥ १६८ ॥ स संप्रहारस्तुमुलः कटुकः शोणितोदकः ॥ प्रावर्त्तत सुराणां च दानवानां च संयुगे ॥१६९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे पञ्चपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्मिन्महाहवे रौद्रे तुमुले लोमहर्षणे ॥ ववर्षुः शरवर्षाणि संरब्धा देवदानवाः ॥ १ ॥ व्याक्रोशन्त गजास्तत्र शरघातप्रपीडिताः ॥ अश्वाश्च पर्यधावन्त हतारोहा दिशो दश ॥ २ ॥ उत्पत्य निपतन्त्यन्ते शरवर्षप्रपीडिताः ॥ देवानां दानवानां च गजाश्वरथिनां रणे ॥ ३ ॥ समरे तत्र शूराणामन्योन्यमभिधावताम् ॥ धनुषां तलशब्देन न प्राज्ञायत किंचन ॥ ४ ॥ शरशक्तिगदाभिस्ते खड्गैश्चामित-

उदय होनेपर असंख्य अस्त्ररूपी बिजलियाँ चमकने लगीं। हाथी-घोड़े आदि वाहनोंका शब्द वज्रपातघोष जैसा भीषण हो उठा और रुधिरकी नदी धीरे-धीरे बढ़ने लगी। इस प्रकार देवताओं और दैत्योंका संग्रामस्रोत बड़े भीषण वेगसे प्रवाहित होने लगा ॥१६८॥१६९॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५५ ॥

(कुजम्भ दैत्यका उत्कर्ष) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस तुमुल एवं लोमहर्षण युद्धमें देवता तथा दैत्य पूर्ण रोषके साथ बाणवर्षा कर रहे थे ॥ १ ॥ बाणोंके आघातसे पीड़ित हाथी चीत्कार करने लगे। सवारोंके मर जानेपर घोड़े इच्छानुसार दसों दिशाओंमें दौड़ने लगे ॥२॥ उभयपक्षके अश्वारोही, गजारोही और रथारोही उन वीरोंकी शस्त्रयन्त्रणा सहनेमें असमर्थ होकर पृथिवीपर गिरने लगे ॥३॥ वेगवान् वीरोंके धनुषटंकोर तथा ताल ठोंकनेके शब्दजनित कोलाहलसे कुछ भी नहीं सुना जा सकता था ॥४॥ अमितपराक्रमी तथा शत्रुतापन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

योद्धा बाण, शक्ति, गदा तथा खड्गका प्रहार करके दोनों पक्षके लोग परस्पर एक दूसरेको यमपुरी भेजने लगे ॥ ५ ॥ जगह-जगह देवताओं और दैत्योंके छिन्नबाहु, छिन्नमस्तक तथा कटकर गिरे हुए धनुषोंके ढेर लग गये ॥ ६ ॥ कितने हाथी, घोड़े, रथ उस युद्धमें चूर्ण हो गये, उनकी कोई संख्या नहीं थी ॥ ७ ॥ इस प्रकार योद्धाओंकी गदा, खड्ग, प्रास (भाला) और नतपर्व बाणोंसे जो हाथी, घोड़े तथा पैदल सैनिक मरे, उनके रुधिरसे एक भीषण रक्तनदी प्रवाहित हो उठी। निहत सैनिकोंके केश सेवार तथा घासके समान दिखायी देने लगे ॥ ८ ॥ ९ ॥ उस दैत्यनिपीडित देवसेनामें भयानक हाहाकार मच गया ॥ १० ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! दैत्योंके साथ देवताओंका वह बड़ा भीषण और विस्मयकारी युद्ध हुआ। वैसा अद्भुत युद्ध और कहीं नहीं देखा गया ॥ ११ ॥ उसी युद्धमें धनुर्धारियोंमें अग्रणी, रक्तनयन तथा साध्यवर विष्वक्सेनका महावीर विरोचनसे सामना हुआ। अमित

तेजसः ॥ निजघ्नुर्महतीं सेनामन्योन्यस्य परन्तप ॥ ५ ॥ बाहूनामुत्तमाङ्गानां कार्मुकाणां च संयुगे ॥ राशयस्तत्र दृश्यन्ते देवदैत्यसमागमे
॥ ६ ॥ अश्वानां कुञ्जराणां च रथानां च वरूथिनाम् ॥ नान्तं समभिगच्छन्ति निहतानां सुरासुरैः ॥ ७ ॥ गदाभिरसिभिः प्रासैर्भल्लैः सन्नतप-
र्वभिः ॥ योधास्तत्राभ्यहन्यन्त हस्त्यश्वं चामितं बहु ॥८॥ प्रावर्तत नदी घोरा शोणितौघा तरङ्गिणी ॥ तदा मध्ये तु सैन्यानां केशशैवलशाद्वला
॥९॥ हाहाकारो महाशब्दो योधानामभवत्तदा ॥ दानवैर्हन्यमानानां त्रिदशानां महारणे ॥१०॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तेषां तदभवद्युद्धं देवानामसुरैः
सह ॥ विभीषणं महारौद्रं विकृतं भीमदर्शनम् ॥११॥ विरोचनस्तु तत्रैव विष्वक्सेनं महाहवे ॥ जघान रुधिराभाक्षं साध्यं परमधन्विनम् ॥१२॥ तमा-
यान्तमभिप्रेक्ष्य विष्वक्सेनः सुरैर्वृतः ॥ अमेयात्मा सुरश्रेष्ठः प्रत्यविध्यत्स्तनान्तरे ॥ १३ ॥ साध्यस्य बाणाभिहतस्तोत्रार्दित इव द्विपः ॥ विरोचनः
प्रज्वाल क्रोधेनाग्निरिवाध्वरे ॥ १४ ॥ स कार्मुकविनिर्मुक्तैः शरैर्दानवसत्तमः ॥ विष्वक्सेनं बिभेदाजौ दीप्तैः सप्तभिराशुगैः ॥ १५ ॥ सोऽतिविद्धो
बलवता दानवेन सुरोत्तमः ॥ मूर्च्छामभिजगामाशु ध्वजं चाप्याश्रयत्प्रभुः ॥१६॥ ततः स पुनराश्वस्य साध्यो युद्धे मनो दधे ॥ विस्फार्य च महा-
चापं दैत्यमध्ये व्यवस्थितः ॥१७॥ विरोचनस्तु बलवानभ्ययुध्यत सर्वशः ॥ क्षोभयन्सुरसैन्यानि समन्तान्निशितैः शरैः ॥१८॥ ततस्तस्यासुरेन्द्रस्य
युध्यमानस्य संयुगे ॥ श्रूयते तुमुलः शब्दो जीमूतस्येव गर्ज्जतः ॥१९॥ जगर्ज्ज च महाघोषो विनिघ्नन्देववाहिनीम् ॥ चण्डवेगाश्मवर्षी च सविद्युत्स्त-

पराक्रमी विष्वक्सेनने विरोचनको अपनी ओर अग्रसर होते देखकर तीन बाणोंसे उसकी छातीपर प्रहार किया ॥ १२ ॥ १३ ॥ साध्यवर विष्वक्सेनके बाणोंसे आहत होकर विरोचन अंकुशसे आहत गजराज तथा यज्ञमें स्थापित अग्निके समान क्रोधसे प्रज्वलित हो उठा ॥ १४ ॥ तदनन्तर धनुष तानकर उसने एक साथ सात बाणोंसे विष्वक्सेनको बींध दिया ॥१५॥ उस समय अत्यधिक पीडित हो जानेके कारण उन्हें मूर्छा आ गयी और वे ध्वजदण्ड पकड़कर बैठ गये ॥१६॥ थोड़ी ही देर बाद चेतना आया, तैसे ही फिर धनुष धारण करके वे दैत्योंके बीचमें जा खड़े हुए ॥ १७ ॥ किन्तु विरोचन तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षासे देवताओंको उद्वेजित करके भयानक युद्ध करने लगा ॥ १८ ॥ इधर गर्जनकारी मेघके समान जिस प्रकार विष्वक्सेनका सिंहनाद सुनायी देता था, उधर बिजलीयुक्त, शब्दायमान तथा ओले बरसानेवाले मेघके सदृश देवघाती विरोचनका सिंहनाद भी उसी तरह सुनायी पड़ रहा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

था ॥१९॥२०॥ उसी समय दानवश्रेष्ठ विरोचनने धनुष तानकर इस प्रकार बाण बरसाना आरम्भ किया कि जिससे देवताओंमेंसे कितने ही देवता भयभीत होकर एक-एकके क्रमसे रथीगण रथों द्वारा, अश्वारोही अश्वों द्वारा तथा पैदल सैनिक पैदल ही भाग गये ॥ २१ ॥ २२ ॥ जो बाकी बचे थे, वे वज्रपातके समान भीषण उसके धनुषटंकारका शब्द सुनकर मारे भयके रणस्थलीमें ही लोट गये ॥ २३ ॥ जो रथी तथा पैदल सैनिक भाग थे, वे सब देवराज इन्द्रकी शरणमें जा पहुँचे ॥ २४ ॥ चौदह हजार पैदल देवसैनिक साध्यदेवकी शरीररक्षाके लिए नियुक्त थे। महाबली विरोचनने उस सबको अपनी बाणवर्षा द्वारा यमपुरी भेज दिया ॥ २५ ॥ दैत्यवर विरोचन दोनों पंख फैलाये हुए श्येनपक्षीके समान देवताओंके घोड़ों, हाथियों, रथसमूहों तथा पैदल सैनिकोंके झुण्डमें घुस और उनकी सेनामें उथल-पुथल मचाता हुआ सैनिकोंका सिर काटने लगा ॥ २६ ॥ २७ ॥ मरनेसे बचे हुए सादी, निषादी, रथी और

नयित्नुमान् ॥ २० ॥ दिशो विद्रावयामास शरवर्षेण दानवः ॥ सर्वसैन्यानि देवानामुद्यतास्त्रो महाहवे ॥ २१ ॥ ते प्राद्रवंत वित्रस्ता रथेभ्यो रथिनस्तदा ॥ सादिनश्चाश्वपृष्ठेभ्यो भूमौ चापि पदातयः ॥ २२ ॥ श्रुत्वा कार्मुकनिर्घोषं विस्फूर्जितमिवाशनेः ॥ सर्वसैन्यानि भीतानि निर्व्यलीयंत संयुगे ॥ २३ ॥ विरोचनभयत्रस्ता रथेभ्यो रथिनस्तदा ॥ पदातीनां ययुः संघा यत्र देवः शचीपतिः ॥ २४ ॥ विष्वक्सेनस्य साध्यस्य सर्वतः सुमहाबलः ॥ पदा रक्षःसहस्राणि निजघान चतुर्दश ॥ २५ ॥ अश्ववृन्देषु नागेषु रथानीकेषु चाभिभूः ॥ पदातीनां च संघेषु विनिघ्नन्प्रत्यदृश्यत ॥२६॥ वितत्य श्येनवत्पक्षौ सर्वतः स वरूथिनीम् ॥ भित्त्वा छित्त्वा महाबाहुः शिरांस्याजौ ह्यकृन्तत ॥ २७ ॥ सादिनश्च पदाताश्च हतशेषा रथास्तथा ॥ विष्वक्सेनेन सहिता विरोचनमथाद्रवन् ॥ २८ ॥ तेऽसिचर्मगदाशक्तिपरिघप्रासतोमरैः ॥ तमेकमभ्यधावन्त सिंहनादं प्रचक्रिरे ॥ २९ ॥ ततः सोऽसिं समुद्यम्य जवमास्थाय दानवः ॥ चकर्त्त रथिनामाजौ शिरांसि च धनूंषि च ॥३०॥ रथनागाश्ववृन्देषु बलवानरिसूदनः ॥ विरोचनश्चरन्मार्गान्प्रकारानेकविंशतिम् ॥ ३१ ॥ भ्रान्तमुद्भ्रान्तमाविद्धमाप्लुतं विप्लुतं युगम् ॥ संपातं समुदीर्णं च दर्शयामास दानवः ॥ ३२ ॥ केचिद्द्रासिना रुग्णा दानवेन महात्मना ॥ विनेदुश्छिन्नमर्माणो निपेतुश्च गतासवः ॥ ३३ ॥ छिन्नपृष्ठा हतारोहा दानवेन महात्मना ॥ विद्रुताः स्वान्यनीकानि जघ्नुस्त्रिदशवारणाः ॥ ३४ ॥ निपेतुरुर्व्यामाकाशे निकृत्ता दृढधन्विना ॥ विविधास्तोमराश्चापा महामात्रशिरांसि च ॥ ३५॥ प्रतीपमा-

पदाति देवसैनिक विष्वक्सेनके साथ विरोचनकी ओर लपके ॥ २८ ॥ उनके हाथमें असि, चर्म, गदा, शक्ति, परिघ, प्रास और तोमर विद्यमान थे। वे सब भीषण सिंहनाद करते चल रहे थे ॥ २९ ॥ इधर विरोचन हाथमें तलवार लेकर बड़े वेगसे दौड़ा। महारथी देववीरोंके मस्तक तथा धनुष काटता और इक्कीस प्रकारके पंतरे दिखाता हुआ भ्रान्त, उद्भ्रान्त, आविद्ध, आप्लुत, प्लुत, प्रसृत तथा समुदीर्णपतनका प्रदर्शन करने लगा ॥ ३०–३२ ॥ उस समय कुछ देवसैनिक दैत्यवर विरोचनकी तलवारसे मर्मस्थल विदीर्ण हो जानेके कारण चीत्कार करते हुए मर गये ॥ ३३ ॥ कुछ हाथी महावतके मर जाने तथा स्वयं भी विदीर्ण होजानेसे पीड़ाके कारण बावले होकर देवसेनाका ही संहार करने लगे ॥ ३४ ॥ उस महाघोर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विरोचनके प्रहारसे विविध प्रकारके धनुष, तोमर तथा महाव्रतोंके मस्तक कट-कटकर आकाशसे पृथिवीपर गिरने लगे ॥ ३५ ॥ खड्गके आघातसे हाथी और घोड़े छिन्न-भिन्न एवं रथी वीरोंके धनुष तथा मस्तक कट-कटकर गिरने लगे ॥ ३६ ॥ वह महाबली दानव उछल-उछलकर विचित्र ढंगसे चक्कर काटता हुआ कभी रथी, कभी सारथी और कभी रथको ध्वजाओंको काट रहा था। वह वीर कभी ऊपर उड़ जाता और कभी धरतीपर दौड़ने लगता था। वह किसीको पैरसे मारता था, किसीको अपनी ओर खींचकर मसल देता था, किसीको अपने खड्गसे विदीर्ण करता था और किसीको अपने सिंहनादसे चकित कर देता था। इस प्रकार उसके कार्यकलाप देखकर कुछ लोग भयसे गति-शक्तिहीन हो गये और कुछ तो एकदम मर ही गये ॥ ३७–३९ ॥ इधर विरोचनका संहारकारी भीषण संग्राम चल रहा था और उधर असुरवर कुजम्भ सूर्यदेवके एक अंश अंशुके साथ लड़ने लगा। वे दोनों दो साँड़ोंकी तरह परस्पर

हरन्नागानश्वांश्च दृढविक्रमान् ॥ आप्लुत्य रथिनः कांश्चित्परामृश्य महाबलः ॥ ३६ ॥ सूतांश्चिच्छेद खड्गेन रथानपि च दानवः ॥ मुहुरुत्पततो दिक्षु धावतश्च यशस्विनः ॥ ३७ ॥ मार्गांश्चरति वै चित्रान् व्यवस्मयन्त ततोऽसुरान् ॥ निजघान पदा कांश्चिदाक्षिप्यान्यानपोथयत् ॥ ३८ ॥ खड्गेन चान्यांश्चिच्छेद नादेनान्यांश्च भीषयन् ॥ ऊरुस्तम्भगृहीताश्च निपतन्त्यपरे भुवि ॥ अपरे दैत्यमालोक्य भयात्प्राणानवासृजन् ॥३९॥ तस्मिंस्तथा वर्तमाने युद्धे महति दारुणे ॥ रथौघगजपत्तीनां सुराणां च महाक्षये ॥ ४० ॥ कुजम्भो दानवश्रेष्ठो ह्यंशुमादित्यमाहवे ॥ योधयामास समरे वृषः प्रतिवृषं यथा ॥ ४१ ॥ जघानाचलसंकाशो मत्तवारणविक्रमः ॥ स्फुरद्भिर्निशितैस्तीक्ष्णैः शरैर्बहुभिराशुगैः ॥ ४२ ॥ देवसैन्यसहस्राणि सरथानि महाहवे ॥ तस्य बाणपथं प्राप्य नाभ्यवर्तन्त सर्वशः ॥ ४३ ॥ प्रणेदुः सर्वभूतानि बभूवुस्तिमिरा दिशः ॥ देवानामजयः क्रूरः प्रत्यपद्यत दारुणः ॥४४॥ अंशुस्तु दानवेन्द्रस्य जघानोत्तमविक्रमः ॥ अनीकं दशसाहस्रं कुञ्जराणां तरस्विनाम् ॥ ४५ ॥ आपतंतं गजानीकं कुजम्भो वीक्ष्य दानवः ॥ गदापाणिरवारोहद्रथोपस्थादरिंदमः ॥४६॥ अद्रिसारमयीं गुर्वीं प्रगृह्य महतीं गदाम् ॥ अभ्यद्रवद्गजानीकं व्यादितास्य इवान्तकः ॥४७॥ स गजान्गदया निघ्नन्व्यचरत्समरे बली ॥ कुजम्भो दानवश्रेष्ठो गदापाणिर्बलाधिकः ॥४८॥ विशीर्णदंतांश्च बहून्भिन्नकुंभांश्च दारुणान् ॥ अकरोद्दानवश्रेष्ठ उद्दिश्योद्दिश्य तान्बली ॥४९॥ विशीर्णदंता बहवो भिन्नकुम्भास्तथा परे ॥ कुजंभेनार्दिता नागा व्यद्रवंत दिशो दश ॥५०॥ कुजम्भस्य च

निर्मम प्रहार कर रहे थे ॥ ४० ॥ ४१ ॥ मत्तगजराजसदृश पराक्रमी वीरवर कुजम्भ बहुतेरे चोखे और तोखे बाणोंकी वर्षा कर रहा था ॥ ४२ ॥ यहाँ तक कि हजार-हजार रथी देवसैनिक भी उसके समक्ष नहीं टिक पाते थे ॥ ४३ ॥ सभी भयविह्वल होकर चीत्कार करने लगे और सभी दिशायें अन्धकाराच्छन्न हो गयीं। धीरे-धीरे देवताओंकी क्रूर पराजयके लक्षण स्पष्ट दिखायी देने लगे ॥ ४४ ॥ इसी बीच महाबली और परम पराक्रमी वीर अंशुने कुम्भज दानवकी दस हजार गजसेना नष्ट कर दी ॥ ४५ ॥ इस प्रकार गजसेनाको भागते देखकर कुजम्भने पत्थरके समान कठोर तथा भारी एक गदा हाथमें ली और रणभूमिमें उतरकर मुँह बाये हुए यमराजके समान उनकी ओर दौड़ा ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ उसी गदासे हाथियों को मारता हुआ वह वीर रणभूमिमें विचरने लगा ॥ ४८ ॥ उसके गदाप्रहारसे कुछ हाथियोंके दाँत टूट गये और कुछका मस्तक विदीर्ण हो गया। उसके भीषण प्रहारको सहनेमें असमर्थ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होकर हाथी दसों दिशाओंमें भाग गये ॥ ४९ ॥ ५० ॥ जो घोर पराक्रमी वीर विकट आकारके दानव कुजम्भकी सहायताके लिए उसके साथ थे, वे भी तीक्ष्ण बाणोंसे गजसेनाको छिन्न-भिन्न करने लगे ॥ ५१ ॥ इसी समय कुजम्भ भी क्षुर, क्षुरप्र, भल्ल, पांत तथा अञ्जलिक शस्त्रसे गजसेनाके सैनिकोंका मस्तक काटने लगा ॥ ५२ ॥ उस अवसरपर उन मस्तकों तथा अंकुशयुक्त भुजाओंको गिरते देखकर ऐसा प्रतीत होने लगा कि मानो आकाशसे पत्थरोंकी वर्षा हो रही है ॥ ५३ ॥ हे महाराज ! हाथीसवार सैनिकोंके मस्तक कट जानेपर ऐसा लगा कि मानो अगणित मस्तकहीन तालवृक्ष खड़े हैं ॥ ५४ ॥ इसी समय देववर अंशके मत्त हाथीको आते देखा तो कुम्भजने अत्यधिक क्रुद्ध होकर उसे एक बाण मारा । बाणके लगते ही वह हाथी रणभूमि छोड़कर भाग गया ॥ ५५ ॥ गदायुद्धविशारद कुजम्भ इस प्रकार गजसेनाको मर्दित करके प्रधान-प्रधान सैनिकोंपर गदाका प्रहार करने लगा ॥ ५६ ॥ उसने एक

येऽमात्या दानवा घोरविक्रमाः ॥ नाराचैर्विविधैस्तीक्ष्णैरपास्तगजयधोनिः ॥५१॥ क्षुरैः क्षुरप्रैर्भल्लैश्च पातैरञ्जलिकैः शितैः ॥ चिच्छेद चोत्तमाङ्गानि कुजंभो दानवोत्तमः ॥ ५२ ॥ शिरोभिः प्रपतद्भिस्तु गगनं प्रत्यपूर्यत ॥ अश्मवृष्टिरिवाकाशे बहुभिश्च सहांकुशैः ॥ ५३ ॥ हतोत्तमांगाः स्कंधेषु गजानां गजयोधिनः ॥ अदृश्यंत महाराज ताला विशिरसो यथा ॥ ५४ ॥ आपतंतं महानागमंशस्यासुरसत्तमः ॥ जघानैकेषुणा क्रुद्धस्ततः स विमुखोऽभवत् ॥ ५५ ॥ विगाह्यैवं गजानीकं कुजंभो दानवोत्तमः ॥ विनिघ्नन्प्रवरान्सैन्यान्गदया बलिनां वरः ॥ ५६ ॥ एकप्रहाराभिहतान्कुजम्भेन महागजान् ॥ अपश्यन्त सुराः सर्वे पर्वतानिव पातितान् ॥ ५७ ॥ कुजम्भस्य च मार्गेषु विशीर्णास्ते महागजाः ॥ वज्राहता इवेन्द्रेण विशीर्णा इव पर्वताः ॥ ५८ ॥ अपश्यंस्त्रिदशाः सर्वे मूर्तिमन्तमिवान्तकम् ॥ गजास्तथा व्यदीर्यन्त सिंहस्येवेतरे मृगाः ॥ ५९ ॥ स बभौ तां गदां बिभ्रत्प्रोक्षितांगदशोणितैः ॥ व्यादितास्योऽनदत्क्रुद्धो रौद्ररूपो भयानकः ॥ ६० ॥ यथा हि भगवान्क्रुद्धः प्रजानां संक्षये पुरा ॥ विक्रीडमानो गदया रणमध्ये महासुरः ॥ ६१ ॥ गोपाल इव दण्डेन कालयन्स महागजान् ॥ क्रुद्धं कालमिवाकाले दण्डमुद्यम्य दानवम् ॥ ६२ ॥ अपश्यन्त सुराः सर्वे कुजम्भं भीमविक्रमम् ॥ हतारोहास्तु तत्रान्ये प्रभिन्ना वारणोत्तमाः ॥ ६३ ॥ ते हन्यमाना गदया बाणैश्च भृशविक्षताः ॥

एक प्रहारसे ही बड़े-बड़े पर्वताकार गजराज रणभूमिमें लोट जाते थे । देवता चकित दृष्टिसे उसका पुरुषार्थ देख रहे थे ॥ ५७ ॥ देवराज इन्द्रके वज्रप्रहारसे जैसे पर्वत छितरा जाते हैं, उसी प्रकार कुजम्भकी मारसे समस्त गजसेना नष्ट हो गयी ॥ ५८ ॥ उसका यह पौरुष देखकर देवता उसे मूर्तिमान् काल समझने लगे । जैसे अन्यान्य मृगगण सिंह द्वारा मार डाले जाते हैं, उसी प्रकार कुंजरगण कुजम्भके प्रहारसे छिन्न-भिन्न हो गये ॥५९॥ वह दानव हाथमें रुधिरसे भीगी गदा ले तथा मुँह बाकर गर्जन करने लगा तो उसका रूप और भी भयानक हो उठा ॥ ६० ॥ उस समय ऐसा लगा कि प्रलयकालमें मानो भूतभावन शंकरभगवान विश्वका संहार करनेके लिए उग्र रूप धारण करके खड़े हैं ॥ ६१ ॥ जैसे ग्वालेका डंडा देखकर गौवें शान्त हो जाती हैं, उसी प्रकार उस महान् असुरकी गदा देखकर गजगण ठण्ढे पड़ गये ॥ ६२ ॥ समरभूमिमें मरनेसे जो हाथी सवारसे हीन होकर खड़े थे, वे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुजम्भके गदाघातको सहनेमें असमर्थ होकर अपनी ही सेनाके सैनिकोंको रौंदते हुए भाग गये। उस समय ऐसा मालूम पड़ा कि मानो मेघगण वायुके झोंकेसे बड़े वेगपूर्वक उड़े जा रहे हों। इस प्रकार जब गजगण समरभूमिसे पलायन कर गये, तब दैत्यवर कुजम्भ संवर्तक कालके समान स्थिरभावसे डटकर खड़ा हो गया ॥ ६३–६५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्पंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५६ ॥

(वृत्रासुरका उत्कर्ष) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर देवराज इन्द्रके आज्ञानुसार उनके सभी सैनिक भीषण गर्जनकारिणी दानवी सेनाकी ओर झपटे ॥ १ ॥ हाथी, घोड़े, रथ तथा रथी वीरोंसे भरा-पूरा वह सैन्यसागर शंख तथा दुन्दुभीकी ध्वनि करता हुआ आगे बढ़ा तो चारों दिशायें अन्धकाराच्छन्न हो गयीं। उस समय ऐसा लगा कि मानो गम्भीर समुद्र पर्वकालीन क्षुब्धभाव धारण किये हुए हो ॥ २ ॥ ३ ॥ फलतः उस समय उस सैन्यसमूहको देखकर लोगोंको बड़ा आश्चर्य हो रहा था। किन्तु बलवान् कुजम्भ अपने

असहन्तः कुजम्भस्य गदावेगं महाहवे ॥६४॥ स्वान्यनीकानि गृह्णन्तः प्राद्रवन्त महागजाः ॥ महावात इवाभ्राणि विधम्नगदया गजान् ॥ अतिष्ठत्समरे दैत्यः कालः संवर्त्तको यथा ॥६५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कुजम्भोत्कर्षवर्णनं नाम षट्पञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५६॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः सर्वाणि सैन्यानि देवराजस्य शासनात् ॥ अभ्यद्रवन्त दितिजान्नदन्तो भैरवान्रवान् ॥ १ ॥ तं बलौघमपर्यन्तं देवानां सुदुरासदम् ॥ रथनागाश्वकलिलं शङ्खदुन्दुभिनिःस्वनम् ॥२॥ आपतन्तं सुदुष्पारं रजसा सर्वतो वृतम् ॥ सैन्यसागरमक्षोभ्यं वेलेव मकरालयम् ॥३॥ तदाश्चर्यमपश्यन्त अश्रद्धेयमिवाद्भुतम् ॥ उदीर्णां पृतनां सर्वां साश्वां सरथकुञ्जराम् ॥४॥ आचार्यः समरेऽतिष्ठत्कुजम्भस्तरसा बली ॥ सैन्यार्णवं देवतानां गिरिर्मेरुरिवाचलः ॥ ५ ॥ अनीकिनं कुजम्भस्तु गदया स न्यवारयत् ॥ सा तथा वारिता सेना विह्वलाऽभून्निरुद्यमा ॥ ६ ॥ तस्मिंस्तथा वर्तमाने संप्रहारे सुदारुणे ॥ असिलोमा तु बलवान्दानवो दानवाधिपः ॥ ७ ॥ देवसैन्यस्य सर्वस्य धूमकेतुरिवात्थितः ॥ तमास्यकं इवापोह्यत्सुरसैन्यानि संयुगे ॥ ८ ॥ सहस्ररश्मिप्रतिमो दानवस्य रथोत्तमः ॥ शरैर्मेघ इवावर्षद्देवानीकं प्रतापवान् ॥९॥ शरौघराश्मिभिर्दीप्तः प्रतप्ता घोरविक्रमः ॥ रौद्रः क्रूरो दुराधर्षो दुरापो ध्वजिनीमुखे ॥१०॥ युध्यते दैवतैः सार्द्धं ग्रसमान इव प्रभुः ॥ उग्रपुरुग्रवदनः समारुह्य महागजम् ॥११॥

पराक्रमके बलसे उस सैन्यसागरको स्तम्भित करके सुमेरु पर्वतके समान अटल और अचलभावसे खड़ा रहा ॥ ४ ॥ ५ ॥ तदनन्तर अपनी गदा तानकर वह जब सुरसैनिकोंपर प्रहार करने लगा तो देवसेना आगे बढ़नेमें असमर्थ हो गयी। उसके सभी उद्यम व्यर्थ हो गये और उभयपक्षमें घमासान युद्ध छिड़ गया। उसी समय दानवराज परमवीर असिलोमा रणभूमिमें आ उपस्थित हुआ। जैसे सूर्यदेवके उदित होनेपर अन्धकार भाग जाता है, उसी प्रकार असिलोमा देवसेनामें धूमकेतुके समान उदित होकर देवसेनाको पीछे हटाने लगा ॥ ६–८ ॥ वह परमप्रतापी असिलोमा सूर्यसदृश तेजस्वी अपने रथपर बैठकर मेघ जैसे जल बरसाते हैं, उसी प्रकार बाणवर्षा करने लगा ॥ ९ ॥ उसकी आकृति देखकर ही मालूम पड़ता था कि वह बड़ा क्रूर, दुर्द्धर्ष, दुर्निवार और अति भयानक दानव है। उसके समान भयंकर आकृति और किसीकी भी नहीं थी ॥ १० ॥ जिस समय वह एक महान् गजपर सवार होकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बाणवर्षा करता हुआ लड़ने लगा तो ऐसा जान पड़ा कि वह प्रतापवान् दानव अपने बाणरूपी दाँतों, असिरूपिणी जिह्वा तथा धनुषरूपी मुखसे देवसैनिकोंको चबाये जा रहा है। उसका परशु नख जैसा था और उसका शब्द मृदङ्गकी ध्वनि जैसा गम्भीर था ॥ ११-१३ ॥ वह दानवश्रेष्ठ बाघके समान निर्भीकभावसे समरभूमिमें डटा हुआ था। उसके धनुषका टंकोर वज्रपातके सदृश भीषण था ॥ १४ ॥ उसका धनुष देखकर ऐसा लगता था कि मानो कोई महान् मेघ आकाशमें उमड़ आया है। धनुषका टंकोर उस महामेघका गर्जन, बाण उसकी वारिधारा और धनुष विद्युत् सरीखा लग रहा था। उस समय जो सैन्यसागर दृष्टिगोचर हो रहा था, उसमें उतरायी भुजायें ग्राहके समान, धनुष तरंगमाला सदृश, बाणसमूह महाह्रदकी तरह, गदा तथा असि मगरके समान, धनुषकी प्रत्यंचा तटकी तरह, पैदल सैनिक मछलियोंके समान और वीरोंका गर्जन उत्क्रोशपक्षीके शब्द जैसा लग रहा था। वह दुर्जय दानव असिलोमा एक-एक करके हाथी, घोड़े, रथ और रथी प्रभृति सब लोगोंको उसी महासागरमें डुबाने लगा। रणभूमिमें इस प्रकार महान् विप्लव उपस्थित देखकर देवताओंकी दृष्टि

सुराणामुत्तमाङ्गानि प्रचिनोति महाबलः ॥ ग्रसन्दैवतसैन्यानि शरदंष्ट्रः प्रतापवान् ॥ १२ ॥ असिजिह्वश्चक्रहस्तश्चापव्यात्ताननोऽसुरः ॥ परश्वधनखः श्रीमान्मृदङ्गापूरितध्वनिः ॥ १३ ॥ तिष्ठते दानवश्रेष्ठः संयुगे व्याघ्रवद्बली ॥ मौर्वीघोषः स्तनयित्नुः पृषत्कः प्रथितो महान् ॥१४॥ धनुर्विद्युद्गणश्चापो महामेघ इवापरः ॥ इष्वस्त्रसागरो घोरो बाहुग्राहो दुरासदः ॥ १५ ॥ कार्मुकोर्मितरङ्गौघैर्बाणावर्तमहाह्रदः ॥ गदासिमकरो रौद्रो ज्यावेलः शिक्षयोद्धतः ॥ १६ ॥ पदातिमीनः सुमहान्गर्जितो हृष्टघोषवान् ॥ हयान्गजान्पदातींश्च रथांश्च सहसा बहून् ॥ १७ ॥ न्यमज्जयत समरे परवीरान्महारथान् ॥ आप्लावयत्स देवौघान्दारुणो दानवेश्वरः ॥ १८ ॥ प्रावर्तत युधि श्रीमान्युधि श्रेष्ठो युधिष्ठिरः ॥ अपश्यंस्त्रिदशाः सर्वे शुद्धजाम्बूनदप्रभम् ॥ १९ ॥ सन्नद्धं तत्र युध्यन्तं ज्वलन्तमिव पावकम् ॥ मध्यंदिनगतं सूर्यं ज्वलन्तमिव तेजसा ॥ २० ॥ न शेकुः सर्वभूतानि दानवं प्रसमीक्षितुम् ॥ यथा प्ररूढं घर्मान्ते दहेत्कक्षं हुताशनः ॥ २१ ॥ तथाऽसुरवरो दैत्यो दहति स्म सुतेजसा ॥ देवानां दानवानां च बलं मर्दति दारुणम् ॥ २२ ॥ विरूढमभवत्सर्वमाकुलं च समन्ततः ॥ शूराश्च ते बलोदग्रा हस्त्यश्वरथधूर्गताः ॥ २३ ॥ आर्यां बुद्धिं समास्थाय न त्यजन्ति महारणम् ॥ तदुत्पिञ्जलकं युद्धमभवद्रोमहर्षणम् ॥ २४ ॥ देवदानयोः संख्ये रुधिरस्रावकर्दमम् ॥ न दिशः प्रत्यजानन्त भयग्राहनिपीडिताः

शस्त्रास्त्रसे पूर्ण सुसज्जित दानव असिलोमाकी ओर आकृष्ट हुई ॥ १५-१८ ॥ उसे देखकर ऐसा लगा कि मानो विशुद्ध सुवर्णकी ज्योति जगमगा रही हो, जैसे ज्वलन्त अनलशिखा फैल रही हो अथवा जैसे मध्याह्नकालीन सूर्य अपनी प्रखर किरणें बिखेर रहा हो ॥ १९ ॥ २० ॥ देवसेनाके सैनिक उस वीर दानवको ओर दृष्टि उठाकर देख भी नहीं सके। ग्रीष्मकालमें अग्निदेव जैसे तृणराशि भस्म कर देते हैं, उसी प्रकार दानवश्रेष्ठ असिलोमा अपने तेजसे देवसेनाको भस्म करने लगा ॥ २१ ॥ कुछ ही क्षणोंमें उभयपक्षके सैनिक भयानकरूपसे सिंहनाद करने लगे। चारों ओर सब लोग भयविह्वल तथा नितान्त व्याकुल हो उठे। किन्तु महाबली हाथी, घोड़े और रथी वीरगण अपने-अपने महत्त्वकी रक्षाके लिए भी किसी तरह समरभूमि त्यागनेको समर्थ नहीं हुए। धीरे-धीरे वह आकुलित समरतरंग अतीव लोमहर्षक हो उठी ॥ २२-२४ ॥ भयरूपी ग्राह द्वारा निपीडित हो जानेके कारण किसीको दिशा-विदिशाका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी ज्ञान नहीं रहा। उस समय उस देवासुरसंग्राममें केवल रुधिरका कीचड़ दिखायी देता था और अनवरत शस्त्रवर्षा हो रही थी। शस्त्रबलसे मदान्ध उभयपक्षके सैनिकोंको अपना-परायातक नहीं ज्ञात होता था। वे हतबुद्धि होकर अपने ही पक्षके वीरोंको मार रहे थे ॥ २५ ॥ २६ ॥ यहाँ तक कि अन्तमें उन्होंने शस्त्रास्त्र त्याग दिया और कोई किसीके केश पकड़कर मस्तक फोड़ने और कोई किसीको वज्रसदृश कठोर मुक्के मारकर धराशायी करने लगा ॥ २७ ॥ २८ ॥ हे महाराज! इस प्रकार उन योद्धाओंमें प्राणनाशक, स्वर्गदायक और बड़ा ही भयानक संग्राम आरम्भ हो गया ॥ २९ ॥ हाथी हाथियोंपर, घोड़े घोड़ोंपर, वीर वीरोंपर और पराक्रमी देवता तथा दैत्य महारथी देवमहारथियोंपर प्रहार करते हुए दौड़ पड़े ॥३०॥ उन वीरोंने प्राणपणसे ऐसा भीषण युद्ध आरम्भ कर दिया कि उनमेंसे कितने ही वीर केशहीन हो एवं कुछ वीर केश छितराये हुए केवल मुक्कों तथा पैरोंसे मारते हुए युद्ध करने लगे। उसी समय सुर-

॥ २५ ॥ शस्त्रपातांश्च विविधान्दानवानां महारणे ॥ अन्योन्यं मूढचित्तास्ते निजघ्नुर्व्याकुलीकृताः ॥ स्वान्परान्नाभिजानन्ति विमूढाः शस्त्रपाणयः ॥२६॥ शिरोरुहेषु संगृह्य कश्चिच्छूरस्य संयुगे ॥ शूरश्छिनत्ति मूर्द्धानं संदष्टौष्ठपुटाननम् ॥२७॥ बाहुभिर्मुष्टिभिश्चैव वज्रकल्पैः सुदारुणैः ॥ प्रहरन्ति रणे वीरा आत्तशस्त्राः परस्परम् ॥ २८ ॥ योधप्राणहरे रौद्रे स्वर्गद्वारेऽनपावृते ॥ संकुले तुमुले युद्धे वर्तमाने महाभये ॥ २९ ॥ हयो हयं गजो नागं वीरो वीरं महाहवे ॥ अभ्यद्रवञ्जिघांसन्तो ह्यसमञ्जसमाहवे ॥ असुराश्च सुराश्चैव विक्रमाढ्या महारथाः ॥ ३० ॥ जुहुवुः समरे प्राणान्निजघ्नुरितरेतरम् ॥ मुक्तकेशा विकवचा विरथाश्छिन्नकार्मुकाः ॥ ३१ ॥ हस्तैः पादैश्च युध्यन्ते दानवास्त्रिदशैः सह ॥ हरिस्तु निशितं भल्लं प्रेषयामास संयुगे ॥३२॥ स तस्य धनुषः कोटिं छित्त्वा भूमावपातयत् ॥ पुनश्चापि पृषत्कानां शतानि नतपर्वणाम् ॥३३॥ प्राहिणोत्सहसा तस्य दानवेन्द्रस्य संयुगे ॥ तस्य देहविमुक्तास्ते मारुतेन समीरिताः ॥३४॥ भस्मार्द्धकाया विविशुः पन्नगा इव पर्वते ॥ स तैर्निपतितैर्गात्रैः क्षरद्भिरसृगावलीः ॥ ॥३५॥ बभौ दैत्यो महाबाहुर्मेरुर्धातुमिवोत्सृजन् ॥ पुनश्चापि पृषत्कानां शतानि नतपर्वणाम् ॥३६॥ ततोऽसिलोमा संक्रुद्धः प्रगृह्यान्यन्महद्धनुः ॥ रुक्मपुङ्खांश्च निशितान्प्रेषयामास सायकान् ॥३७॥ तैस्तु मर्मसु विव्याध सर्पानलविषोपमैः ॥ गात्रं संछादयामास महाभ्रैरिव पर्वतम् ॥३८॥ भूयः संधाय च शरं मुमोचान्तकसंनिभम् ॥ सुपुङ्खं सूर्यसंकाशं बाणमप्रतिमं रणे ॥३९॥ तेन बाणप्रहारेण संयुगे भीमकर्मणा ॥ मुमोह सहसा देवो भूमौ

सत्तम विष्णुभगवानने असिलोमाके ऊपर एक ऐसे भल्लास्त्रका प्रयोग किया कि जिससे उसका धनुष कटकर पृथिवीपर गिर पड़ा। इसके बाद फिर उन्होंने उसपर सैकड़ों नतपर्व बाणोंको वर्षा कर दी ॥ ३१-३ ॥ वायुवेगसे वे बाण उस दैत्यके शरीरमें आधे प्रविष्ट होकर पर्वतके शरीरमें अर्धप्रविष्ट सर्पोंके समान शोभित हुए। उस समय असिलोमाके बाणविक्षत शरीरसे अनवरत रक्तधारा बहने लगी। जिसे देखकर ऐसा लगा कि मानो सुमेरु पर्वतके गात्रसे गेरूकी धारा बह रही हो। इसी अवसरपर विष्णुभगवानने फिर सौ तीक्ष्ण बाणोंका प्रयोग कर दिया ॥ ३४-३६ ॥ इसपर असिलोमा अत्यधिक क्रुद्ध हो उठा। उसने एक दूसरा धनुष ले लिया और सुवर्णपुङ्खशोभित तीक्ष्ण बाण बरसाना आरम्भ कर दिया ॥ ३७ ॥ अग्नि तथा सर्पविषसदृश भयानक वे बाण श्रीविष्णु भगवानके शरीरमें घुस गये। उन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होने लगा कि मानो किसी विशाल पर्वतपर बादल छा गये हों ॥ ३८ ॥ तदनन्तर दैत्यवर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

असिलोमाने फिर सूर्य तथा अन्तकके समान विकराल एक बाण धनुषपर चढ़ाकर भगवान विष्णुपर छोड़ा। उस बाणसे अत्यधिक आहत हो जानेके कारण भगवान मूर्छित होकर पृथिवीपर गिर गये ॥ ३९ ॥ ४० ॥ उस समय चारों ओर सब लोग हाहाकार करने लगे । जैसे सहसा सूर्यभगवानके पृथिवीपर गिर जानेसे समस्त संसार उद्विग्न हो उठे, उसी प्रकार उनके गिर जानेपर सब लोग उद्विग्न हो उठे ॥ ४१ ॥ उसी समय असिलोमा महादैत्यने विष्णुभगवानके एकतीस हजार सैनिकोंको समाप्त कर दिया ॥ ४२ ॥ ऐसा करनेसे विजयश्री उसके पक्षमें हो गयी और वह दानव देदीप्यमान अग्निशिखाके समान शोभित हुआ। तब वह दैत्य नितान्त मत्त हो तथा विशाल धनुष लेकर देवराज इन्द्रकी ओर अग्रसर हुआ ॥ ४३ ॥ हे महाराज ! उस युद्धमें दोनों अश्विनीकुमार अपनी विशाल वाहिनीके साथ जाकर बलवान् वृत्रासुरके साथ लड़ने लगे ॥ ४४ ॥ वृत्रासुर भी खड्ग, बाण तथा धनुष लेकर रणभूमिमें गया और पर्वतके समान स्थिरभावसे खड़ा होकर दोनों अश्विनीकुमारोंके साथ प्राणपणसे युद्ध करने लगा ॥ ४५ ॥ सर्वप्रथम उसकी लोमहर्षक शंखध्वनि, तालध्वनि तथा धनुषका टंकोर

चाति पपात ह ॥ ४० ॥ ततो हाहाकृताः सर्वे देवे भूतलमाश्रिते ॥ जगत्सदेवमाविग्नं यथाऽर्कपतनं तथा ॥ ४१ ॥ परिवारं तु समरे तस्य हत्वा महासुरः ॥ एकत्रिंशत्सहस्राणि योधानां दानवोत्तमः ॥ ४२ ॥ जयश्रिया सेव्यमानो दीप्यमान इवाचलः ॥ आगृह्य कार्मुकं घोरं गतः शक्ररथं प्रति ॥ ४३ ॥ तथैव तु महायुद्धे ससैन्यावश्विनावुभौ ॥ प्रयुद्धौ सह वृत्रेण बलिना देवतारिणा ॥ ४४ ॥ बाणखड्गधनुष्पाणिः समरे त्यक्तजीवितः ॥ आसाद्य सोऽश्विनौ दैत्यः स्थितो गिरिरिवाचलः ॥ ४५ ॥ ततः शंखमुपाध्माय द्विषतां लोमहर्षणम् ॥ ज्याघोषतलशब्दैश्च सर्वभूतान्यवेजयत् ॥ ४६ ॥ ततः संहृष्टरोमाणः शंखशब्दं विशुश्रुवुः ॥ यक्षराक्षसदेवौघा वृत्रस्यापि च निःस्वनम् ॥ ४७ ॥ गदातोमरनिस्त्रिंशशूलशक्तिपरश्वधाः ॥ प्रगृहीता व्यराजन्त यक्षराक्षसबाहुभिः ॥ ४८ ॥ तैः प्रमुक्तान्महाकायैः शूलशक्तिपरश्वधान् ॥ भल्लैर्वृत्रपरिच्छेदभीमवेगरवैस्तथा ॥ ४९ ॥ अन्तरिक्षचराणां च भूमिस्थानां च गर्जताम् ॥ शरैर्विव्याध गात्राणि देवानां प्रियदर्शिनाम् ॥ ५० ॥ वृत्रासुरभुजोत्सृष्टैर्बहुधा यक्षरक्षसाम् ॥ निकृन्तान्येव दृश्यन्ते शरीराणि शिरांसि च ॥ ५१ ॥ अथ रक्तमहावृष्टिरभ्यवर्षत मेदिनीम् ॥ गदापरिघभिन्नानां देवानां गात्रसंभवा ॥ ५२ ॥ प्रच्छादयन्तो बाणौघैर्वृत्रं भीमपराक्रमम् ॥

सुनकर ही सब जीव उद्विग्न हो उठे ॥ ४६ ॥ यक्ष, राक्षस, गन्धर्व तथा देवतागण तक उसकी समुद्रगर्जन सदृश घोर शंखध्वनि सुनकर भयसे रोमाञ्चित हो उठे ॥ ४७ ॥ तदनन्तर वे गदा, तोमर, निस्त्रिंश, शक्ति, शूल, परशुप्रभृति शस्त्र लेकर उसपर प्रहार करने लगे । उन महायोद्धाओंके उन शस्त्रोंका वीर वृत्रासुरने अपने भीषण भल्लास्त्र द्वारा निवारण कर दिया ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ तत्पश्चात् दैत्यवर वृत्रने विकराल बाणवर्षा करके आकाश तथा पृथिवीपर लड़नेवाले सभी वीरोंका बांध दिया ॥ ५० ॥ उसकी बाणवर्षासे यक्ष-राक्षस सब लोगोंके शरीर क्षत-विक्षत हो उठे और बहुतोंके मस्तक कटकर पृथिवीपर लोटने लगे ॥ ५१ ॥ गदा और परिघके प्रहारसे विदीर्णकलेवर देवताओंके शरीरसे जो रुधिरधारा बही, उससे वहाँकी सारी भूमि भीग गयी ॥ ५२ ॥ तदनन्तर देवतागण एक साथ उसपर प्रहार करने लगे ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उस समय ऐसा लगा कि मानो मेघमालासे सूर्यभगवान ढँक गये हों ॥ ५३ ॥ भगवान भास्कर जिस प्रकार अपनी किरणें बिखेरकर सब लोगोंको उत्तप्त कर देते है, उसी प्रकार वृत्रासुर भी मर्मभेदी बाणोंकी वर्षा करके देवताओंको पीड़ित करने लगा और इससे दुखी होकर देवता विविध स्वरोंमें चीत्कार करने लगे । किन्तु देवताओंके प्रहारसे वृत्रासुर तनिक भी विचलित नहीं हुआ ॥५४॥५५॥ महारथी देवता असि, शक्ति, गदा, परिघ, प्रास, तोमर, परशु और शूल फेंक-फेंककर उस दानवपर प्रहार करने लगे ॥५६॥ इस प्रकार उनके द्वारा सताये जानेपर वह दानव भी अत्यधिक क्रुद्ध होकर देवताओंपर अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करने लगा ॥ ५७ ॥ उसके भीषण बाणप्रहारसे अतिशय व्यथित देवता भयभीतमात्रसे गदा, शक्ति, शूल, असि और परशु प्रभृति शस्त्र त्यागकर घोरतर आर्तनाद करते हुए उत्तर दिशाको भाग चले ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ इधर विशाल वक्षःस्थल और आजानुलम्बितबाहु वृत्रासुर शूल तथा

ददृशुः सर्वभूतानि भानुमन्तमिवांशुभिः ॥५३॥ तीक्ष्णरश्मिरिवादित्यः प्रतपन्सर्वदेवताः ॥ अश्विनोर्बलवान् क्रुद्धः सायकैर्मर्मभेदिभिः ॥५४॥ नदतो विविधान्नादानर्दितस्यापि सायकैः ॥ न मोहमसुरेन्द्रस्य ददृशुस्त्रिदशा रणे ॥ ५५ ॥ तेऽसिचर्मगदाभिश्च परिघप्रासतोमरैः ॥ परश्वधैश्च शूलैश्च प्रववर्षुर्महारथाः ॥५६॥ ततो वृत्रः सुसंक्रुद्धस्तैस्तदाऽभ्यर्दितो बली ॥ अभ्यवर्षच्छितैर्बाणैस्तान्सर्वान्सत्यविक्रमः ॥५७॥ तेन वित्रासिता देवा विप्रकीर्णमहायुधाः ॥ घोरमार्त्तस्वरं चक्रुर्वृत्रासुरभयार्दिताः ॥५८॥ उत्सृज्य ते गदाशक्तिशूलर्ष्टिपरिघाशनीन् ॥ उत्तरां दिशमाजग्मुस्त्रासिता दृढधन्विना ॥ ५९ ॥ शूलशक्तिगदापाणिर्व्यूढोरस्को महाभुजः ॥ प्रावर्त्तत रणे वृत्रस्त्रासयानश्चराचरान् ॥६०॥ तत्रैकस्तु महाबाहुरसिशूलधरः प्रभुः ॥ अभ्यधावत दैत्येन्द्रं वृत्रमप्रतिमं रणे ॥६१॥ तमापतन्तं संप्रेक्ष्य निर्भिन्नमिव वारणम् ॥ वत्सदन्तैस्त्रिभिः पार्श्वे विव्याध सुरसत्तमम् ॥ ६२ ॥ सोऽतिविद्धो महेष्वासः शरैरमितविक्रमः ॥ गदां जग्राह बलवान्गदायुद्धविशारदः ॥६३॥ तां प्रगृह्य महाभीमामयःसारमयीं दृढाम् ॥ अश्विनौ सहसागम्य ताडयामास वीर्यवान् ॥ ६४ ॥ दीप्यमानं ततः शूलमश्वी सुविपुलं दृढम् ॥ प्रासृजद्वृत्रदैत्याय सहसा रोमहर्षणम् ॥ ६५ ॥ भङ्क्त्वा शूलं गदाग्रेण गदायुद्धविशारदः ॥ अश्विनं सहसाऽभ्यर्च्य गरुत्मानिव पन्नगम् ॥ ६६ ॥ सोऽन्तरिक्षात्समुत्पत्य विधूय महतीं गदाम् ॥ नासत्योपरि चिक्षेप गिरिश्रृङ्गोपमां

गदा धारण करके सचराचर विश्वको त्रस्त करता हुआ समरांगणमें विचरने लगा ॥ ६० ॥ उसी समय केवल एक त्रिशूल और धनुष लेकर अश्विनीकुमार मस्त गजराजके समान बड़े वेगसे वृत्रासुरपर झपटे ॥६१॥ समीप पहुँचते ही उन्होंने तीन वत्सदन्त बाणोंसे उसके पार्श्वप्रदेशमें घाव कर दिया ॥ ६२ ॥ इस प्रकार बाणोंसे विद्ध होकर गदायुद्धमें निपुण और महाधुरन्धर वृत्रासुर एक गदा लेकर बड़े वेगसे दौड़ा और उसी गदासे अश्विन कुमारपर निर्मम प्रहार कर दिया ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ तदनन्तर अश्विनीकुमारने दैत्यवर वृत्रासुरपर अत्यन्त सुदृढ़ तथा अत्यन्त विशाल एक भयानक त्रिशूलका प्रयोग किया ॥ ६५ ॥ किन्तु गदायुद्धविशारद वृत्रासुरने अपनी गदाके प्रहारसे उस शूलको चूर्ण करके गरुड़ जिस प्रकार सर्पपर झपटते हैं, उसी प्रकार वह बड़े वेगसे अश्विनीकुमारकी ओर दौड़ा ॥ ६६ ॥ कुछ दूर आगे बढ़नेपर वह उछलकर ऊपर गया और पर्वतशिखराकार गदा घुमाकर अश्विनीकुमारको छातीपर प्रहार कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दिया ॥ ६७ ॥ उस गदाके आघातसे वे अत्यधिक व्यथित हो गये और शूल त्यागकर बड़े वेगसे भागते हुए इन्द्रदेवकी शरणमें जा पहुँचे ॥६८॥ इस प्रकार वृत्रासुर भयानक पराक्रमी अश्विनीकुमारको पराजित करके बड़े आनन्दके साथ रणभूमिमें जाकर डट गया ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां सप्तपंचाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५७ ॥

(केशी-रुद्रयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उसी युद्धमें रणाजि नामके एक देवता दानवश्रेष्ठ तथा धीमान् एकचक्रके साथ लड़ रहे थे ॥ १ ॥ उन्होंने भीषण गर्जनकारी एकचक्रकी सेना तथा उसके रथका मार्ग रोककर बाणवर्षा आरम्भ कर दी ॥ २ ॥ इधर पट्टिशास्त्रयोधी, महाबली और परमपराक्रमी दैत्यगण देवताओंपर भुशुण्डो, शूल, गदा एवं शक्तिका प्रहार करने लगे ॥ ३ ॥ उनकी शूलवर्षा इतनी भयानक थी कि सचराचर विश्वके किसी भी व्यक्तिमें यह सामर्थ्य नहीं थी कि जो उसका निवारण कर सके ॥ ४ ॥ पर्वताकार

बली ॥ ६७ ॥ गदयाऽभिहतः सोऽश्वी त्यक्त्वा शूलमनुत्तमम् ॥ प्रयातः सहसा तत्र यत्र युध्यति वासवः ॥ ६८ ॥ पराजित्य तु संग्रामे अश्विनं भीमविक्रमम् ॥ जयश्रिया सेव्यमानो वृत्रो युद्धे व्यवस्थितः ॥ ६९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वृत्रासुरोत्कर्षवर्णनं नाम सप्तपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तत्रैव तु महायुद्धे रणाजिर्देवसत्तमः ॥ युध्यते सह दैत्येन एकचक्रेण धीमता ॥१॥ प्रच्छाद्य रथपन्थानमुत्क्रोशंश्च महाबलः ॥ एकचक्रस्य सैन्यं तच्छरवर्षैरवाकिरत् ॥२॥ महासुरा महावीर्या महापट्टिशयोधिनः ॥ शूलानि च भुशुण्डीश्च क्षिपन्ति स्म महारणे ॥३॥ तच्छूलवर्षं सुमहद्गदाशक्तिसमाकुलम् ॥ अविशद्दितिजैर्मुक्तं दुर्निवार्यं चराचरैः ॥४॥ अन्योन्यमभिवर्तन्ते देवासुरगणा युधि ॥ महाद्रिशिखराकारा वीर्यवन्तो महाबलाः ॥५॥ तुरङ्गमातङ्गशतं युक्तं तस्य महारथे ॥ महासुरवरस्येव हिरण्यकशिपोर्युधि ॥६॥ तेषां चरणपातेन चक्रनेमिस्वनेन च ॥ तस्य बाणनिपातैश्च हता वै शतशः सुराः ॥ ७ ॥ ततः स लघुभिश्चित्रैः शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ सायुधानच्छिनत्क्रुद्धः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ८ ॥ वध्यमानाः शरैस्तीक्ष्णै रथद्विरदवाजिनः ॥ गमिताः प्रक्षयं केचित्त्रिदशैर्दानवा रणे ॥ ९ ॥ ततः प्रक्षीयमाणांस्तानुपप्रेक्ष्य दितेः सुताः ॥ त्यक्त्वा बाणान्न्यवर्तन्त प्रगृहीतवरायुधाः ॥१०॥ ते दिशो विदिशश्चैव प्रतियुद्धप्रहारिणः ॥ अभ्यघ्नन्निशितैः शस्त्रैर्देवान्दितिसुता रणे ॥११॥ रणाद्रिच-

विशाल महारथी देवता और दैत्य एक साथ परस्पर एक दूसरेके ऊपर टूट पड़े ॥ ५ ॥ जिस तरह हिरण्यकशिपुके रथमें सौ घोड़े जुते थे, उसी प्रकार एकचक्रके रथमें भी सौ ही घोड़े जुते हुए थे ॥ ६ ॥ सो उन घोड़ोंके पदाघात, रथके पहियेके शब्द एवं एकचक्रकी बाणवर्षासे सैकड़ों देवता एक साथ मरने लगे ॥ ७ ॥ जब दैत्यवर एकचक्र कुपित होकर सन्नतपर्व अतिलघु एवं विचित्र बाणोंकी वर्षा करने लगा तो देवताओंके कितने शस्त्रास्त्र छिन्न-भिन्न हो गये, उनकी गणना असम्भव थी ॥ ८ ॥ इधर देवताओंके तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षासे एकचक्रके अगणित सैनिक और हाथी-घोड़े मर गये और रथ छिन्न-भिन्न हो गये ॥ ९ ॥ देवता भी अपने पक्षके सैनिकोंका महासंहार देखकर धनुषको हाथमें लिये हुए प्राणपणसे पलायन करने लगे ॥ १० ॥ दूसरी ओर दैत्य उन भागते हुए देवताओंको चारों ओरसे घेरकर उनपर भीषण प्रहार करने लग गये ॥ ११ ॥ उसी समय देववर रणाजिने अतिशय तथा अग्निसदृश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जाज्वल्यमान मथन नामक एक शस्त्र एवं हजारों सुतीक्ष्ण शूलोंकी वर्षा आरम्भ कर दी ॥ १२ ॥ किन्तु एकचक्रने अपने अस्त्रबलसे सभी शूलोंको काट डाला और रणाजिपर और दस तीक्ष्ण बाणोंसे प्रहार कर दिया ॥ १३ ॥ १४ ॥ देववर रणाजिने अपने अस्त्रबलसे एकचक्रके प्रहारको व्यर्थ कर दिया और अन्यान्य प्रज्वलित शस्त्रोंसे उसके हजारों सैनिकोंको बींध दिया ॥ १५ ॥ उस अस्त्रप्रहारसे असुरसैनिकोंके सब अङ्ग क्षत-विक्षत हो गये और उनसे इस प्रकार रुधिरधारा बहने लगी, जिसे देखकर ऐसा लगा कि मानो बहुतेरे पर्वतशिखर पिघल-पिघलकर बह रहे हों ॥१६॥ तदनन्तर देवता दानवोंके वज्रस्पर्श सदृश अतिवेगवान् तथा सरल अग्रभागके बाणोंसे अत्यधिक विद्ध होकर बहुत भयभीत हो गये। उसी समय रणभूमिमें खड़े एकचक्रने देखा कि संग्रामांगणमें एक ओर गजसेना खड़ी है। उस सेनाका गर्जन समुद्रगर्जनके समान बड़ा गम्भीर था और गजोंके सभी अङ्गोंमें उत्तम आभूषण विद्यमान थे ॥१७॥१८॥

लितं घोरं परमं तिग्मतेजसम् ॥ मुमोचास्त्रं महाबाहुर्मथनं नाम संयुगे ॥१२॥ ततः शस्त्राणि शूलानि निशितानि सहस्रशः ॥ अतिवीर्येण महता दितिजः संप्रचिच्छिदे ॥१३॥ छित्वा शूलांस्तु तान्सर्वानेकचक्रो महासुरः ॥ अभ्यविध्यत तं साध्यं दशभिर्निशितैः शरैः ॥१४॥ अस्त्रवेगं निहत्यैव सोऽस्त्रैस्तस्यानुसैनिकान् ॥ ज्वलितैरपरैः शीघ्रैस्तानविध्यत्सहस्रशः ॥१५॥ तेषां छिन्नानि गात्राणि विसृजन्ति स्म शोणितम् ॥ प्रावृषीवाम्बुवृष्टीनि शृङ्गाणि धरणीभृताम् ॥१६॥ इन्द्राशनिसमस्पर्शैर्निपतद्भिरजिह्मगैः ॥ दितिजैः काल्यमानास्ते वित्रेसुः सुरसत्तमाः ॥१७॥ एकचक्रो रथे तिष्ठन्नपश्यद्गजयूथपम् ॥ वराभरणनिर्ह्रादान्समुद्रस्वननिःस्वनान् ॥१८॥ मत्तान्सुविहितान्दक्षान्महामात्रैरधिष्ठितान् ॥ कुलीनान्वीर्यसंपन्नान्प्रतिद्विरदघातिनः ॥१९॥ शिक्षितान्गजशिक्षायामैरावतसमान् युधि ॥ न्यहनत्सुरसैन्यस्य गजान्गज इवासुरः ॥२०॥ विक्षरन्तो महानागान्भीमवेगांस्त्रिधा मदम् ॥ मेघस्तनितनिर्घोषान्महाद्रीनिव चोत्थितान् ॥२१॥ सहस्रसंमितान्दिव्याञ्जाम्बूनदपरिष्कृतान् ॥ सुवर्णजालैर्विततांस्तरुणादित्यवर्चसः॥२२॥ एकचक्रो गदापाणिर्बलवान्गदिनां वरः ॥ उत्सारयामास गजान्महाभ्राणीव मारुतः ॥२३॥ निहत्य गदया सर्वांस्तान्गजान्गजमर्दनः ॥ भूयोऽश्वसंघान् स बली निरैक्षत महासुरः ॥२४॥ शुकवर्णानृष्यवर्णान्मयूरसदृशांस्तथा ॥ पारावतसवर्णांश्च हंसवर्णांस्तथैव च ॥२५॥ मल्लिकाक्षान्विरूपाक्षा-

वे सभी हाथी मत्त, बलवान्, कुलीन, सुशिक्षित और युद्धमें ऐरावततुल्य पराक्रमी थे। उन सबके मस्तकपर महावत बैठे थे । दैत्यवर एकचक्रने एक मतवाले हाथीके समान आगे बढ़कर उन सभी हाथियोंपर प्रहार करना आरम्भ कर दिया ॥ १९ ॥ २० ॥ ऐसा निर्मम प्रहार करनेपर भी उन पर्वताकार तथा मेघसदृश गर्जनशील हाथियोंका तीन भागोंमें बहनेवाला मदस्राव नहीं रुका ॥२१॥ तदनन्तर गदायुद्धविशारद असुरवर एकचक्रने अपनी गदा सम्हाली और पवनदेव जिस प्रकार बादलोंको उड़ा देते हैं, उसी तरह उन स्वर्णाभूषणसे अलंकृत तथा तरुण सूर्य-सदृश तेजस्वी हजारों हाथियोंको उसी गदाकी मारसे भगा दिया ॥ २२ ॥ २३ ॥ इस प्रकार गजसेनाको उत्सारित करके उसने महती अश्वसेनापर दृष्टिपात किया ॥२४॥ उन अश्वोंमेंसे किसीका रंग शुकपक्षीके समान, किसीका रीछ जैसा, किसीका मयूरवर्ण, किसीका रङ्ग कबूतरसदृश, किसीका हंसके समान और किसीका वर्ण बगुलेके सदृश था । उनमेंसे किसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घोड़ेके नेत्र मल्लिकापुष्प जैसे और किसी-किसीके नेत्र क्रौंचवर्ण थे। सो महाबाहु और असाधारण वीर एकचक्रने अपनी एक गदाके ही बलसे उन सभी अश्वोंको चूर्ण कर दिया। उधर अचिन्त्यपराक्रमी एवं गदायुद्धनिपुण देवता रणाजि एकचक्र दानवके उस अद्भुत पराक्रमको देखकर युद्धसे विमुख हो गये। उनके इस कार्यका उनकी सेनाने भी समर्थन किया। तदनन्तर रथपर सवार होकर रणाजि देवराज इन्द्रके पास चले गये। इधर महान् असुर एकचक्र तीस लाख सैनिकोंका विनाश करके धूमहीन अग्निसदृश शोभित होता हुआ रणभूमिमें डटा रहा ॥ २५–२९ ॥ उसी युद्धमें महान् असुर बल एकतम रुद्र मृगव्याधके साथ समर करने लगा। महात्मा मृगव्याधके पार्षदगण दैत्यवर बलको देखते ही आहुतिप्राप्त अग्निके समान भभक उठे। उनमेंसे कुछ गण मतवाले हाथियोंपर, कुछ वेगगामी घोड़ोंपर और कुछ गण दिव्य रथोंपर सवार हो तथा तीक्ष्ण शस्त्रास्त्रोंको लेकर युद्धभूमिमें जा उपस्थित हुए। रणभूमिमें

न्क्रौञ्चवर्णान्मनोजवान् ॥ अश्वसैन्यं महाबाहुस्तदप्रतिमपौरुषः ॥ २६ ॥ निषूदयामास बली गदया भीमविक्रमः ॥ रणाजिर्व्यस्य समरे सर्वान्दृष्ट्वा
सुरद्विषः ॥२७॥ अचिन्त्यविक्रमः श्रीमानभ्ययादेववाहिनीम् ॥ गदायुद्धेषु कुशलो रथेन रथयूथपः ॥२८॥ हृष्टसैन्यो महाबाहुः प्रस्थितः शक्रसन्नि-
धौ ॥ त्रिंशच्छतसहस्राणि रथानां विनिहत्य सः ॥२९॥ रणेऽतिष्ठत दैत्येन्द्रो विधूम इव पावकः ॥ तस्मिन्नेव तु संग्रामे बलदृप्तो महासुरः॥३०॥
मृगव्याधं महात्मानं योधयत्यजितं रणे ॥ मृगव्याधस्य रुद्रस्य महापारिषदास्तथा ॥३१॥ समुत्पेतुर्बलं दृष्ट्वा हुताग्निसमतेजसः ॥ गजैर्मत्तै रथैर्दि-
व्यैर्वाजिभिश्च महाजवैः ॥३२॥ अस्त्रैश्च निशितैर्बाणैः शरैश्चानलसन्निभैः ॥ ददृशुस्ते ततो वीरा दीप्यमानं महासुरम् ॥३३॥ रश्मिवन्तमिवोद्यन्तं
सुतेजोरश्मिमालिनम् ॥ संग्रामस्थं महावेगं महासत्त्वं महाबलम् ॥३४॥ महामतिं महोत्साहं महाकायं महारथम् ॥ समीक्ष्य तं महायोधं दिक्षु सर्वा-
स्वस्थितम् ॥३५॥ ततः प्रहरणैर्घोरैरभिपेतुः समन्ततः ॥ तस्य सर्वायसास्तीक्ष्णाः शराः पीतमुखाः शिताः ॥३६॥ शिरस्यद्रिप्रतीकाशे मृगव्या-
धेन पातिताः ॥ तैश्च सप्तभिराविष्टः शरैः शिरसि चार्पितैः ॥३७॥ उत्पपात तदा व्योम्नि दिशो दश विनादयन् ॥ ततस्तं त्रिदशो वीरः सरथः सज्ज-
कार्मुकः ॥३८॥ अनुवव्राज संहृष्टः खे तदा स महाबलः ॥ असुरं छादयामास तं व्योम्नि शरवृष्टिभिः ॥३९॥ वृष्टिमानिव जीमूतो निदाघान्ते धरा-
धरम् ॥ अर्द्यमानस्ततस्तेन मृगव्याधेन दानवः ॥४०॥ चकार निनदं घोरमम्बरे जलदो यथा ॥ स दूरं सहसोत्पत्य मृगव्याधरथं प्रति ॥४१॥ निपपात

पहुँचकर उन रुद्रगणोंने उस देदीप्यमान असुरको देखा ॥ ३०–३३ ॥ महान् दैत्य बल महावेगवान, महाबली, महाशक्तिशाली, महामति, महाउत्साही, महाकाय और महारथी था। उदयोन्मुख सूर्यके समान तेजस्वी वह दैत्य सब ओर समानभावसे विचर रहा था ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उसको देखते ही रुद्रगणोंने एक साथ चारों ओरसे भयानक शस्त्रास्त्रोंकी वर्षा आरम्भ कर दी। महात्मा मृगव्याध लौहनिर्मित अपने तीक्ष्ण शस्त्रास्त्रोंको दैत्य बलके पर्वताकार मस्तकपर बरसाने लगे। मस्तकपर शस्त्रोंका आघात लगते ही बल दानव अपने भीषण गर्जनसे दसों दिशाओंको प्रतिध्वनित करता हुआ उछलकर आकाशमें चला गया। तब देववर मृगव्याधने अपने धनुषपर प्रत्यंचा चढ़ायी और प्रसन्न मनसे रथपर सवार होकर उसका पीछा किया। अनुगमन करते हुए उन्होंने उसपर इस प्रकार बाणवर्षा आरम्भ कर दी, जैसे ग्रीष्मकालके अन्तमें मेघगण पर्वतपर जलकी धारा बरसाते हैं। उन बाणोंसे पीड़ित होकर बल दैत्य मेघके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदृश भीषण गर्जन करने लगा। इसके कुछ ही देर बाद वह सहसा कुछ ऊपर उछला और पखधारी पर्वतके समान बड़े वेगसे महात्मा मृगव्याधके रथपर जा गिरा। ऐसा करके उसने उस रथका जुआ और धुरा चूर्ण कर दिया॥ ३६–४२॥ ऐसी दशामें महाबली मृगव्याध वह रथ त्यागकर भूमिमें उतर आये। जब उनके अनुचरोंने उन्हें रथहीन देखा तो क्रोधसे उनके नेत्र लाल हो गये और हाथमें मुद्गर लेकर वे आकाशमें उड़ चले। उन्हें अपनी ओर आते देखकर वह दानव आकाशमें और ऊपर उछला॥४३॥४४॥ तदनन्तर रुद्रदेवके पार्षदगण जैसे कोई वृक्षपर कुल्हाड़ोंका प्रहार करे, उसी प्रकार वे उसपर अपने मुद्गरोंका प्रहार करने लगे। तत्काल गरुड़तुल्य पराक्रमी बलदानव उनके वेगका प्रतिरोध करता हुआ फिर भूमिपर उतर आया। उतरते ही विशाल शाखाओंवाला एक शालवृक्ष उखाड़कर वह एक-एक करके सभी रुद्रगणोंपर प्रहार करने लगा। किन्तु वह दानव भी रुद्रगणोंके प्रहारसे लहू-लुहान होकर नवोदित बालसूर्यके समान शोभित हुआ॥ ४५–४७॥ तदनन्तर मृग-सर्प आदिसे भरे एक विशाल पर्वतशिखरको उत्पाटित करके उसने उन सभी रुद्रगणोंपर प्रहार

महावेगः पक्षवातैर्गिरिर्यथा॥ बभञ्ज च ततो दैत्यो भग्नेषाकूबरं यथा॥४२॥ मृगव्याधः परित्यज्य स्थितो भूमौ महाबलः॥ विरथं प्रेक्ष्य रुद्रं तु तस्य पारिषदाः शुभाः॥४३॥ उत्थिता घोररक्ताक्षा व्योम्नि मुद्गरपाणयः॥ स तु तैः सहसोत्थाय वेष्टितो विमलेऽम्बरे॥४४॥ मुद्गरैरर्दितो भीमैर्वृक्षः परशुभिर्यथा॥ तेषां वेगवतां वेगं निहत्य स महारथः॥४५॥ निपपात पुनर्भूमौ सुपर्णसमविक्रमः॥ स शालवृक्षमुत्पाट्य महाशाखं महाबलः॥४६॥ सर्वान्पारिषदान्संख्ये सूदयामास दानवः॥ स तैर्विक्षतदेहस्तु रुधिरौघपरिप्लुतः॥४७॥ शुशुभे दानवश्रेष्ठो बालसूर्य इवोदितः॥ अथोत्पाट्य गिरेः शृङ्गं समृगव्यालपादपम्॥४८॥ जघान तान्पारिषदान्समरे दानवेश्वरः॥ ततस्तेषु च भग्नेषु महापारिषदेषु वै॥४९॥ बलं तदवशेषं तु नाशयामास वीर्यवान्॥ अश्वैरश्वान्गजैर्नागान्योधान्योधै रथान्रथैः॥ ५०॥ दानवः सूदयामास युगान्तेऽन्तकवत्प्रजाः॥ हतैरश्वैश्च नागैश्च भग्नाक्षैश्च महारथैः॥५१॥ त्रिदशैश्चाभवद्भूमी रुद्धमार्गा समन्ततः॥ एवं बलः स दैत्येन्द्रो मृगव्याधश्च वीर्यवान्॥५२॥ युधि प्रवृद्धौ बलिनौ प्रभिन्नाविव वारणौ॥५३॥ वैशम्पायन उवाच॥ तत्रैव युध्यते रुद्रो द्वितीयो राहुणा सह॥ विश्रुतस्त्रिषु लोकेषु क्रोधात्मा ह्यज एकपात्॥५४॥ तद्यथा सुमहद्युद्धं तुमुलं लोमहर्षणम्॥ आसीत्प्रतिभयं रौद्रं वीराणां जयमिच्छताम्॥ ५५॥ देवदानवदेहैस्तु दुस्तरा केशशाद्वला॥ शरीरसंघातवहा प्रसृता लोहिता-

किया। उस प्रहारसे जब रुद्रगण त्रस्त हो उठे, तब उसने अवशिष्ट सैनिकोंका भी संहार कर डाला। तत्पश्चात् घोड़ोंसे घोड़ों, हाथियोंसे हाथियों, रथसे रथों और एक योद्धाको उठाकर दूसरे योद्धापर फेंकता हुआ वह युगान्तकालीन यमराजके समान समस्त देवसैनिकोंको मारने लगा। यहाँ तक कि मरे हुए घोड़ों, हाथियों, दानवसैनिकों तथा टूटे हुए रथोंसे समस्त रणभूमि भर गयी और सभी मार्ग अवरुद्ध हो गये॥ ४८–५१॥ दैत्येन्द्र बल और बलवान् मृगव्याध दोनों मत्त मातंगके समान भीषण युद्ध करने लगे॥ ५२॥ ५३॥ हे महाराज! उस युद्धमें अजैकपाद नामसे त्रिलोकविख्यात द्वितीय रुद्र क्रोधाविष्ट होकर असुरसत्तम राहुसे जा भिड़े॥ ५४॥ उन दोनों वीरोंमें लोमहर्षण तुमुल युद्ध हुआ। उस युद्धको देखकर विजयेच्छुक बड़े-बड़े वीरोंके हृदयमें भी भय समा गया॥ ५५॥ उस युद्धमें रुधिरकी नदी बह चली। उस नदीमें देवताओं और दानवोंके मृत शरीर उतराते दिखायी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दे रहे थे और उभयपक्षके सैनिकोंके केशपाश घास जैसे लगते थे ॥ ५६ ॥ भीषणरूपधारी रुद्रदेवने कुपित होकर सर्वप्रथम शत्रुसैन्यसंहारकारी शतमुख राहुपर अपने भीषण बाणोंका प्रहार करके उसके सुवर्णखचित अश्व और सारथीयुक्त रथको छिन्न-भिन्न कर दिया ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ उसी समय अजैकपादके एक महाबली अनुचरने अपनी शरशक्तिसे दानवश्रेष्ठ राहुकी छातीमें प्रहार कर दिया ॥ ५९ ॥ इस प्रकारसे दानवराज राहुका शरीर विदीर्ण हो गया। जिससे उसने क्रोधान्ध होकर रुद्रदेवको एक थप्पड़ मारा और उसके रथको चूर कर दिया। उसके बाद अपने तीक्ष्ण बाणोंका प्रयोग करके वह अजैकपाद रुद्र तथा उनके अनुचरोंको बुरी तरह मारने लगा। उस आघातसे रुद्रदेवका शरीर विदीर्ण हो गया ॥ ६० ॥ ६१ ॥ उस समय रुद्र-भगवान अपने सन्नतपर्व बाणोंसे उन बाणवर्षी तथा विकटाकार दैत्योंको बींधने लगे। उसी प्रकार महान् असुर राहु भी रुद्रगणोंका संहार करने लगा ॥ ६२ ॥ इस प्रकार लोमहर्षक

पगा ॥ ५६ ॥ आजघानाथ संक्रुद्धो रुद्रो रौद्राकृतिः प्रभुः ॥ राहुं शतमुखं युद्धे शत्रुसैन्यनिवारणम् ॥ ५७ ॥ तस्य काञ्चनचित्राङ्गं रथं साश्वं स-सारथिम् ॥ जघान समरे श्रीमान्क्रुद्धो दैत्यस्य सायकैः ॥ ५८ ॥ तस्य पारिषदस्त्वेकः शरशक्त्या महाबलः ॥ बिभेद समरे हृष्टो दानवं तं स्तनान्तरे ॥ ५९ ॥ स भिन्नगात्रो रुद्रेण तथा पारिषदैरपि ॥ रुद्रस्य रथमायान्तं स राहुर्दानवोत्तमः ॥ ६० ॥ प्रममाथ तलेनाशु सहसा क्रोधमूर्च्छितः ॥ भिन्नगात्रं शरैस्तीक्ष्णैर्मेरुं सूर्य इवांशुभिः ॥ ६१ ॥ हतैर्दानवमुख्यैस्तु रुद्रेणामिततेजसा ॥ रुद्रपारिषदान्सर्वान्निजघान महासुरः ॥ ६२ ॥ वर्त्तमाने महाघोरे संग्रामे लोमहर्षणे ॥ रुधिरौघा महावेगा महानद्यः प्रसुस्रुवुः ॥ ६३ ॥ दानवं समरे रुद्रो नीलाञ्जनचयोपमम् ॥ निर्बिभेद शरैस्तीक्ष्णैर्मेरुं सूर्य इवांशुभिः ॥ ६४ ॥ हतैर्दानवमुख्यैश्च शक्तिशूलपरश्वधैः ॥ पतितैः पर्वताभैश्च दानवैः कामरूपिभिः ॥ ६५ ॥ वर्त्तमाने महाघोरे संग्रामे लोमहर्षणे ॥ महाभेरीमृदंगानां पणवानां च निःस्वनः ॥ ६६ ॥ शङ्खवेणुस्वनोन्मिश्रः संबभूवाद्भुतोपमः ॥ हतानां स्वनतां तत्र दैत्यानां चापि निःस्वनः ॥ ६७ ॥ देवानां च तथा तत्र शुश्रुवे दारुणो महान् ॥ तुरङ्गमखुरोत्कीर्णं रथनेमिसमुत्थितम् ॥ ६८ ॥ रुरोध मार्गं योधानां चक्षूंषि च धरारजः ॥ शस्त्रपुष्पोहारा सा तत्रासीद्युद्धमेदिनी ॥ ६९ ॥ दुर्दर्शा दुर्विगाह्या च मांसशोणितकर्दमा ॥ भग्नैः खड्गैर्गदाभिश्च शक्तितोमरपट्टिशैः ॥ ७० ॥ अपविद्धैश्च भग्नैश्च रथैः सांग्रामिकैर्हतैः ॥ निहतैः कुञ्जरैर्मत्तैस्तथा त्रिदशदानवैः ॥ ७१ ॥ चक्राक्षयुगशस्त्रैश्च

घोरतर युद्ध आरम्भ होनेपर चारों ओरसे रुधिरकी बड़ी-बड़ी नदियाँ प्रवाहित होने लगीं ॥ ६३ ॥ सूर्यनारायण जिस तरह अपनी किरणोंसे सुमेरुपर्वतका भेदन कर देते हैं, उसी प्रकार नीलगिरि पर्वतके समान नीलकलेवर दानव राहु अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके रुद्रदेवको बींधने लगा ॥ ६४ ॥ उस भयङ्कर संग्राममें पर्वताकार तथा इच्छानुसार रूप धारण करनेवाले शूल, शक्ति तथा परशु हाथमें लिये हुए कितने दानव धराशायी हो गये, उनकी कोई संख्या नहीं थी। समस्त रणस्थली भेरी, मृदङ्ग, पणव, शंख तथा पटहध्वनि एवं घायल पड़े दानवोंके आर्तनाद और देवताओंके सिंहगर्जनसे परिपूर्ण हो उठी ॥ ६५-७ ॥ रथके पहियों तथा घोड़ोंकी टापसे उठी धूलसे योद्धाओंका गमनपथ तथा उनके नेत्र अवरुद्ध हो गये। सारी संग्रामभूमि शस्त्ररूपी पुष्पोपहार एवं मांस तथा रुधिरके कीचड़से अतिशय भयानक और दुरवगाह हो उठी। भग्न खड्ग, गदा, शक्ति, तोमर, पट्टिश, सैकड़ों जुझाऊ रथ, रथके धुरे,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रथके जुए, रथके पहिए, शस्त्रास्त्रोंसे मरे मतवाले हाथियों, देवताओं तथा दानवोंके मृत शरीरोंसे सारी युद्धभूमि पट गयी। अगणित मांसाहारी जीवोंके जुट जानेसे वह संग्रामांगण और भी भयानक हो उठा। सब ओरसे देवताओं और दानवोंके शव उठने लगे। परस्पर जयाभिलाषी बद्धवैर वीरों, युद्धमें कभी भी पीठ न दिखानेवाले सैनिकों तथा अजैकपाद और राहुमें परस्पर भयंकर प्रहार होने लगे ॥६८–७४॥ समरभूमिमें उपस्थित क्रुद्ध सैनिकोंकी ललकारसे इतना भयंकर कोलाहल मच गया कि मानो प्रलयकालीन समुद्र भीषण गर्जन कर रहा हो। उस युद्धमें गदा, पट्टिश तथा शूलधारी धूम्राक्ष तथा देखनेमें भयानक महाबली और परमपराक्रमी मुनीश्वर रुद्र दैत्यप्रवर केशीसे जा भिड़े और उसपर उन्होंने एक शक्तिका प्रहार कर दिया। इधरसे भीमाक्ष, भीमदर्शन एवं नाना प्रकारके शस्त्रास्त्रसमन्वित अतिप्रिय अनुचरगण उनकी सहायताके लिए वहाँ आ उपस्थित हुए। दानवसेनासे परिवेष्टित तथा सुवर्णकुण्डलधारी

भग्नैरवनिपातितैः ॥ बभूवायोधनं घोरं पिशिताशनसंकुलम् ॥ ७२ ॥ उत्पेतुश्च कबन्धानि दिक्षु सर्वासु संयुगे ॥ अन्योन्यबद्धवैराणां दैत्यानां जयगृद्धिनाम् ॥ ७३ ॥ संप्रहारस्तथा युद्धे वर्ततेऽतिभयंकरः ॥ सैन्यानां संप्रयुद्धानां शूराणामनिवर्तिनाम् ॥ ७४ ॥ अजस्य चैकपादस्य राहोश्चैव महात्मनः ॥ तेषां तु तत्र पततां क्रुद्धानामतिनिःस्वनः ॥७५॥ उद्धूत्त इव भूतानां समुद्राणां तु शुश्रुवे ॥ तत्रैकस्तु सुधूम्राक्षः श्रीमान्रुद्रो मुनीश्वरः ॥ ७६ ॥ बिभेद केशिनं शक्त्या गदापरिघशूलभृत् ॥ नानाप्रहरणा घोरा भीमाख्या भीमविक्रमाः ॥ ७७ ॥ निष्पेतू रुद्रदयिता महापारिषदस्तथा ॥ रथमास्थाय च श्रीमांस्तप्तकाञ्चनकुण्डलः ॥ ७८ ॥ दानवैः संवृतः केशी युध्यते युद्धदुर्जयैः ॥ तस्य संग्रामशौण्डस्य संग्रामेषु युयुत्सतः ॥ ७९ ॥ निपेतुरुग्रवीर्यस्य ज्वाला हि प्रसृता मुखात् ॥ स तु सिंहर्षभस्कन्धः शार्दूलसमविक्रमः ॥८०॥ महाजलदसंकाशो मृदंगध्वनिनिःस्वनः ॥ तस्य निष्पतमानस्य दानवैः संवृतस्य च ॥ ८१ ॥ बभूव सुमहानादः क्षोभयंस्त्रिदिवं यथा ॥ तेन शब्देन वित्रस्ता त्रिदशानां महाचमूः ॥८२॥ द्रुमशैलप्रहरणा योद्धुमेवाभ्यवर्तत ॥ तेषां च देवदैत्यानां युयुत्सूनां परस्परम् ॥ सन्निपातः सुतुमुलो रौद्रो लोकभयावहः ॥८३॥ तेषां युद्धं महाघोरं संजज्ञे लोमहर्षणम् ॥ देवदानवसङ्घानां प्राणांस्त्यक्त्वा महाहवे ॥ सर्वे ह्यतिबलाः शूराः सर्वे पर्वतसन्निभाः ॥ ८४ ॥ सर्वे सर्वास्त्रविद्वांसः सर्वे सर्वायुधोद्यताः ॥ त्रिदशा दानवाश्चैव परस्परजिघांसवः ॥ तेषां वै नदतां शब्दः संयुगे मेघनिःस्वनः ॥ ८५ ॥ शुश्रुवेऽतिमहा-

श्रीमान् केशी रथपर सवार होकर युद्ध करने लगा। युद्ध करते समय बीच-बीचमें उसके मुखसे आगकी लपटें निकलती रहती थीं। उस दैत्यवरका स्कन्धप्रदेश केसरी सिंहके सदृश केशसंयुक्त था। उसका पराक्रम शार्दूलके समान था ॥७५–८०॥ उसके शरीरकी प्रभा महामेघसदृश तथा उसका कण्ठस्वर मृदङ्गध्वनि जैसा था। जिस समय अपनी विशाल वाहिनीसे परिवेष्टित होकर वह संग्रामभूमिमें उतरा, उस समय उसके सिंहनादसे स्वर्गतक चकित हो उठा। उस शब्दसे त्रस्त देवसेनाके सैनिक वृक्ष और पर्वत ले-लेकर युद्धके लिए रणभूमिमें जा उपस्थित हुए। इस प्रकार देवताओं और दैत्योंके एकत्रित हो जानेपर भयंकर युद्ध आरम्भ हो गया ॥ ८१–८३ ॥ उसे देखकर जनसाधारणके भयका कोई ठिकाना नहीं रहा। तत्काल देवताओं और दैत्योंमें प्राणपणसे युद्ध आरम्भ हो गया। वे सभी सैनिक बड़े बलवान् तथा पर्वतके समान विशालकाय थे ॥ ८४ ॥ वे सब शस्त्रोंका चलानेमें निपुण थे और उनके पास सभी प्रकारके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शस्त्रास्त्र विद्यमान थे। वे परस्पर एक-दूसरेके प्राण लेनेको उद्यत थे। जिस समय उभयपक्षका सिंहगर्जन आरम्भ हुआ तो उनका वह मेघसदृश गम्भीर गर्जन सुनकर स्थावर-जंगमात्मक समस्त विश्व काँप उठा। सेनाके पदसंचारसे अरुण वर्णकी भीषण धूल उड़ी, जिससे दसों दिशायें ढँक गयीं। क्रमशः कौशेय, अरुण और पाण्डुर वर्णकी धूल चारों ओर इस प्रकार छा गयी कि कुछ भी देखना दूभर हो गया। ध्वजा, पताका, कवच और घोड़े तक नहीं दिखायी देते थे॥ ८५–८८॥ शस्त्रास्त्र, रथ और सारथी कुछ भी नहीं दिखायी पड़ रहा था। परस्पर एक दूसरेपर आक्रमण करनेवाले सैनिकोंका भीषण सिंहनादमात्र सुनायी देता था॥८९॥ अतुलित पराक्रमी केशीके फैले हुए मुखसे आगकी लपटें निकल रही थीं। सिंहसदृश कन्धोंवाला तथा शार्दूलसदृश पराक्रमी वह वीर रणभूमिमें पहुँचा तो कोलाहलका स्वरूप और भी उग्र हो उठा, किन्तु किसीका रूप अब भी दृष्टिगोचर नहीं होता था॥ ९०॥ ९१॥ यहाँ तक कि

घोरः शूरस्थावरकंपनः॥ रेणुश्चारुणसंकाशो भीमः स समपद्यत ॥८६॥ उद्धूतो देवदैत्यौघः संरुरोध दिशो दश॥ अन्योन्यं रजसा तेन कौशेयारुणपाण्डुना ॥८७॥ संवृता बहुरूपेण ददृशुर्न च किंचन॥ न ध्वजो न पताकाश्च न वर्म तुरगोऽपि वा ॥८८॥ आयुधं स्यंदनो वापि दृश्यते नैव सारथिः॥ स शब्दस्तुमुलस्तेषामन्योन्यं समधावताम् ॥८९॥ निपेतुरुग्रवीर्यस्य ज्वाला हि प्रसृतान्मुखान्॥ स तु सिंहर्षभस्कंधः शार्दूलसमविक्रमः॥ ९०॥ तस्य निष्पतमानस्य दानवैः संवृतस्य च॥ श्रूयते तुमुलः शब्दो न रूपाणि चकाशिरे॥ ९१॥ दानवास्तत्र संक्रुद्धा दानवानेव जघ्निरे॥ त्रिदशास्त्रिदशांश्चैव निजघ्नुस्तुमुले तदा॥ ९२॥ न परांश्च विनिघ्नन्तः स्वांश्च युद्धे महासुरान्॥ रुधिरार्द्रां तथा चक्रुर्मेदिनीं च महासुराः॥ ९३॥ ततस्तु रुधिरौघेण संसिक्तमुदितं रजः॥ शरीरशतसंकीर्णं बभूव धरणीतलम्॥ ९४॥ शूलशक्तिगदाखड्गपरिघप्रासतोमरैः॥ त्रिदशा दानवाश्चैव जघ्नुरन्योन्यमाहवे॥ ९५॥ बाहुभिः परिघाकारैर्निघ्नन्तः परिघैस्तथा॥ रुद्रपारिषदान्सर्वान्सूदयन्ति स्म दानवाः॥ रुद्रपारिषदाश्चैव महाद्रुममहाश्मभिः॥ ९६॥ व्यदारयन्नतिक्रम्य शस्त्रैश्चादित्यसंनिभैः॥ एतस्मिन्नन्तरे क्रुद्धः केशी दानवसत्तमः॥ ९७॥ संग्राममर्षी घोरः स स्वान्यनीकानि हर्षयन्॥ तेषां परमसंक्रुद्धो वज्रमस्त्रमुदीरयन्॥ ९८॥ वज्रेणास्त्रेण दिव्येन शस्त्रेण च महात्मना॥ महापारिषदाः सर्वे निहता युधि दुर्जयाः॥ ९९॥ वज्रास्त्रपीडिता भ्रान्ता रुद्रपारिषदा युधि॥ विप्रकीर्णद्रुमाः पेतुः शैला वज्रहता इव॥ १००॥ एवं सुतुमुलं

दैत्य दैत्योंको और देवता देवताओंको ही मारने लगे॥ ९२॥ उस समय किसीको आत्मपक्ष तथा परपक्षका ज्ञान नहीं रहा। वे केवल प्रहारपर प्रहार करते जाते थे। कुछ हा देरके युद्धमें उन दानववीरोंने रणभूमिको रुधिरसे गीली कर दी॥ ९३॥ रुधिरके बहावसे वहाँकी धूल बैठ गयी और अगणित मृत सैनिकोंके शवोंसे रणभूमि भर गयी॥ ९४॥ देवता और दानव उभयपक्षके वीर शूल, शक्ति, गदा, खड्ग, परिघ, प्रास और तोमर प्रभृति शस्त्रास्त्र लेकर परस्पर एक दूसरेपर प्रहार करने लगे॥ ९५॥ परिघाकार भुजासम्पन्न दानवगण परिघके प्रहारसे और रुद्रपारिषदगण बड़े-बड़े वृक्षों तथा पर्वतोंके प्रहारसे दानवोंको चूर्ण करने लगे॥ ९६॥ कितने ही योद्धा सूर्यसंदृश तेजस्वी शस्त्रोंका भी उपयोग करते थे। जब दोनों पक्षमें ऐसा विकराल युद्ध हो रहा था, उसी समय दानवसत्तम केशीने अतिशय क्रुद्ध होकर रुद्रपारिषदोंके ऊपर एक वज्रास्त्रसे प्रहार कर दिया॥९७॥ ९८॥ उस वज्राघातसे अतिशय व्यथित

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होकर अगणित रुद्रगण रणभूमिमें लोट गये ॥ ९९ ॥ जैसे वज्रका आघात लगनेपर बड़े-बड़े वृक्षों समेत पर्वत छितरा जाते हैं, उसी प्रकार वे रुद्रगण भी धराशायी हो गये ॥ १०० ॥ हे महाराज ! केशीके साथ रुद्रदेवका इस प्रकार अद्भुत और भयङ्कर युद्ध हो गया ॥१०१॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामष्टपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥५८॥

(काल और प्रह्लादका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर बालार्कवर्ण दैत्येन्द्र वृषपर्वा अद्भुतदर्शन देववर निष्कुम्भके साथ युद्ध करने लगा ॥ १ ॥ दैत्यवर वृषपर्वाने ज्यों ही शत्रुसेनाको देखा, त्यों ही क्रोधान्ध होकर धनुषका टंकोर करता हुआ अपने सारथीसे बोला—सारथे ! तुम शीघ्र मेरे रथको हाँककर शत्रुओंके सम्मुख ले चलो । उधर देखो, देवतागण सम्मिलित भावमें रणभूमिमें मेरे सैनिकोंका संहार कर रहे हैं ॥ २ ॥ ३ ॥ आज ये हमारी सेनाका संहार करके हमें कलंकित कर रहे हैं । अतएव मैं इनका विनाश करना चाहता हूँ ॥ ४ ॥ उसके ऐसा कहते ही सारथीने अपने वेगवान् घोड़ोंको हाँका और रथको उस स्थानपर पहुँचा दिया, जहाँ देवताओंका जमावड़ा था । वहाँ पहुँचते

युद्धमभवल्लोमहर्षणम् ॥ केशिनः सह रुद्रेण तदद्भुतमिवाभवत् ॥ १०१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे केशिरुद्रयुद्धकथनं नामाष्टपञ्चाशत्तमोऽध्यायः ॥ ५८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ वृषपर्वा तु दैत्येन्द्रो विश्वमद्भुतदर्शनम् ॥ निष्कुम्भं योधयामास लोहितार्कसमद्युतिम् ॥१॥ क्रोधमूर्छितवक्त्रस्तु धुन्वन्परमकार्मुकम् ॥ धनूंषि प्रेक्ष्य शत्रूणां सारथिं त्वरितोऽब्रवीत् ॥ २ ॥ अत्रैव तावत्त्वरितं नय मे सारथे रथम् ॥ एते देवाश्च सहिता घ्नन्ति नः समरे बलम् ॥३॥ एतान्निहन्तुमिच्छामि समरे श्लाघिनो रणे ॥ एतैर्हि दानवानीकं कृतच्छिद्रमिदं महत् ॥४॥ ततः प्रजविताश्वेन रथेन रथिनां वरः ॥ अरीनभ्यहनत्क्रुद्धः शरजालैर्महासुरः ॥५॥ न स्थातुं देवताः शक्ताः किं पुनर्योद्धुमाहवे ॥ वृषपर्वेषुनिर्भिन्नाः सर्व एवाभिदुद्रुवुः ॥६॥ तान्मृत्युवशमापन्नान्वैवस्वतवशंगतान् ॥ समीक्ष्य निहताञ्ज्ञातीनवतस्थे महासुरः ॥७॥ दृष्ट्वा तं तत्र निष्कुम्भं सर्वे ते त्रिदशोत्तमाः ॥ समेत्य सहिताः सर्वे द्रुतं तं पर्यवारयन् ॥ ८ ॥ व्यवस्थितं तु निष्कुम्भं दृष्ट्वा त्रिदशसत्तमम् ॥ बभूवुर्बलवन्तो वै तस्यास्त्रबलतेजसा ॥ ९ ॥ वृषपर्वा तु शैलाभं निष्कुम्भं समरे स्थितम् ॥ महेन्द्र इव धाराभिः शरवर्षैरवाकिरत् ॥ १० ॥ अचिन्तयित्वा तु शराञ्छरीरे पतितान्बहून् ॥ स्थितश्च प्रमुखे श्रीमान्ससैन्यः स

ही वृषपर्वाने क्रुद्ध होकर भयानक बाणवर्षा द्वारा देवताओंका संहार आरम्भ कर दिया ॥ ५ ॥ ऐसी स्थितिमें देवताओंका युद्ध करना तो दूर रहा, वे समरभूमिमें टिक भी नहीं सके । वृषपर्वाके विकराल बाणोंसे उनके मर्मस्थल विदीर्ण हो गये और वे चारों ओर भागने लगे ॥ ६ ॥ महाबली निष्कुम्भ देवता अपने ज्ञातिबन्धुओंको इस प्रकार उदासीन तथा मृत्युके वशीभूत देखकर स्वयं अग्रसर हुए और संग्रामभूमिमें जा पहुँचे ॥ ७ ॥ वीर निष्कुम्भको युद्धस्थलमें खड़े देखकर देवसैनिकोंने फिर चारों ओरसे आ-आकर उन्हें घेर लिया और उनके अस्त्रबलसे अपने आपको बलवान् समझकर वे कुछ देरके लिए आश्वस्त हो गये ॥ ८ ॥ ९ ॥ वृषपर्वा पर्वताकार एवं विशालकाय निष्कुम्भको रणमें सम्मुख उपस्थित देखकर, इन्द्र जिस प्रकार जलधाराकी वर्षा करते हैं, उसी प्रकार वह उनपर बाणधाराको वर्षा करने लगा ॥ १० ॥ महाबली और परम पराक्रमी सुरसत्तम निष्कुम्भके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शरीरमें अनेक बाण लगे, किन्तु वे उनकी ओर ध्यान न देकर अपनी सेनाके साथ रणभूमिमें डटे रहे ॥ ११ ॥ तदनन्तर तनिक हँसकर जब वृषपर्वाकी ओर बड़े वेगसे दौड़े तो पृथिवी काँपने लगी ॥ १२ ॥ दौड़ते समय उनका रूप प्रज्वलित अग्निके समान भयानक हो उठा ॥१३॥ अब महातेजस्वी निष्कुम्भने अपना रथ त्याग दिया और बड़े क्रोधके साथ बहुत ऊँचा तथा बहुतेरी शाखाओंयुक्त एक वृक्ष उखाड़कर वृषपर्वाके ऊपर फेंक दिया। दैत्यवर वृषपर्वाने जैसे खेल-खेलमें वह वृक्ष एक हाथसे पकड़ लिया और उसको घुमाकर सिंहनाद करते हुए उसके प्रहारसे निष्कुम्भके हाथी, महावत, रथ तथा रथियोंको यमपुर भेज दिया। तब देवतागण क्रोधाविष्ट कालके समान प्राणघाती उस दानवको देखकर मारे भयके भागने लगे ॥ १४–१७ ॥ देवताओंके लिए भयावह वृषपर्वाको ऐसा अनर्थ करते देख देववर निष्कुम्भ अत्यन्त क्रुद्ध होकर सिंहगर्जन करने लगे। तदनन्तर उन्होंने उसी आवेशमें दानवाधिपति

महाबलः ॥११॥ संप्रहस्य महातेजा वृषपर्वा महाहवे ॥ अभिदुद्राव वेगेन कम्पयन्निव मेदिनीम् ॥१२॥ तस्य त्वाधावमानस्य दीप्यमानस्य तेजसा ॥ बभूव रूपं दुर्धर्षं दीप्तस्येव विभावसोः ॥ १३ ॥ रथं त्यक्त्वा महातेजाः सक्रोधः समपद्यत ॥ वृक्षमुत्पाटयामास महातालं महोच्छ्रयम् ॥१४॥ ततश्चिक्षेप तं वृक्षं निष्कुम्भो वृषपर्वणः ॥ तं गृहीत्वा महावृक्षं पाणिनैकेन दानवः ॥ १५ ॥ विनद्य सुमहानादं भ्रामयित्वा च वीर्यवान् ॥ स गजान्सगजारोहान्सरथान्रथिनस्तथा ॥ १६ ॥ जघान दानवस्तेन शाखिना त्रिदशांस्तदा ॥ तमन्तकमिव क्रुद्धं समरे प्राणहारिणम् ॥ १७ ॥ वृषपर्वाणमासाद्य त्रिदशा विप्रदुद्रुवुः ॥ तमापतन्तं संक्रुद्धं त्रिदशानां भयावहम् ॥१८॥ आलोक्य धन्वी निष्कुम्भश्चक्रोध च ननाद च ॥ स तत्र निशितैर्बाणैस्त्रिंशद्भिर्मर्मभेदिभिः ॥ १९ ॥ निर्बिभेद महावीर्यो निष्कुम्भो दानवाधिपम् ॥ शरशक्तिभिरुग्राभिर्दैत्यानामधिपं प्रभुम् ॥ २० ॥ विद्धः समरमध्यस्थो रुधिरं प्रास्रवद्बहु ॥ उद्विग्ना मुक्तकेशास्ते भग्नदर्पाः पराजिताः ॥२१॥ श्वसन्तो दुद्रुवुः सर्वे भयाद्वै वृषपर्वणः ॥ अन्योन्यं प्रममन्थुस्ते त्रासिता वृषपर्वणा ॥ २२ ॥ पृष्ठवक्त्राः सुसंविग्नाः प्रेक्ष्यमाणा मुहुर्मुहुः ॥ त्यक्तप्रहरणाः सर्वे कृतास्ते वृषपर्वणा ॥२३॥ संग्रामे युद्धशौण्डेन तदा निष्कुम्भसैनिकाः ॥ तत्रैव तु महावीर्यः प्रह्लादः कालमाहवे ॥ २४ ॥ योधयामास रक्ताक्षो हिरण्यकशिपोः सुतः ॥ तस्य दानववीरस्य युद्धकाले जयक्रियाः ॥ २५ ॥ चकार त्वरया युक्तो भार्गवो विजयावहः ॥ हुताशनं तर्पयतो ब्राह्मणांश्च नमस्यतः ॥ २६ ॥ आज्यगन्धप्रतिवहो मारुतः सुरभिर्ववौ ॥

वृषपर्वापर तीस मर्मभेदी बाणोंसे प्रहार किया ॥१८–२०॥ उसी समय दानवोंने भी उनपर चारों ओरसे विकट बाणवर्षा की। अतएव निष्कुम्भदेवके शरीरसे रुधिरकी धारा बहने लगी। इधर उनके सैनिकोंका उत्साह भंग हो गया। अतः वे पराजित तथा अत्यधिक उद्विग्न होकर केश छितराये और दीर्घ निःश्वास छोड़ते हुए वृषपर्वाके भयसे भागने लगे। उन्होंने शस्त्रास्त्र त्याग दिया था। भागते समय कौन किसके ऊपर गिर रहा था, इसका कोई निर्णय नहीं करता था ॥ २१–२३ ॥ उसी समय हिरण्यकशिपुके पुत्र महाबली और परम पराक्रमी प्रह्लाद कालके साथ युद्ध करने लगे। जब प्रह्लाद युद्धके लिए प्रस्तुत हुए, तब शुक्राचार्य स्वयं शीघ्रतापूर्वक उनकी विजयके लिए आवश्यक कार्यका निर्वाह करने लगे। उन्होंने अग्निको आहुति देकर ब्राह्मणोंको प्रणाम किया। वायु घृतगन्ध वहन करती हुई सुगन्धि फैलाने लगी। विविध प्रकारकी जयमाला लेकर शुक्राचार्यने स्वयं उनके मस्तकपर बाँध दिया और

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वस्त्ययन पाठ करने लगे । महात्मा शुक्राचार्यके दस हजार शिष्य प्रह्लाद तथा अन्यान्य दानवोंके कल्याणार्थ मन्त्रजप एवं परब्रह्म परमात्माकी स्तुतियोंयुक्त अथर्ववेदका पाठ करनेके लिए नियुक्त हुए ॥ २४–३० ॥ इस प्रकार रणयात्राके अनुरूप विजयसम्बन्धी समस्त कार्य नियमानुसार सम्पन्न हो गये । तदनन्तर सर्वास्त्रवेत्ता, युद्धमें पीठ न दिखानेवाले, विद्वान् तथा बलवान् दानवगण कवच पहनकर तथा धनुषधारणपूर्वक दैत्यराज बलिकी पूजा करके प्रह्लादके चारों ओर जाकर खड़े हो गये ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ शुभ्र सुवर्णकुण्डलधारी श्रीमान् केशी ससैन्य रथपर आरूढ़ होकर युद्ध करने लगा । उसके रथपर नाना प्रकारके शस्त्रास्त्र विद्यमान थे । उस समय वह वज्रसम्पन्न पर्वतके समान दिखायी दे रहा था ॥ ३३ ॥ मुहूर्त भरके भीतर चारों ओर युद्धसम्बन्धी भीषण कोलाहल मच गया । उस समय ऐसा लगा कि मानो वर्षाकालीन मेघकी घटाओंसे घिरा सुमेरुपर्वत खड़ा हो ॥ ३४॥ सुभूषित तथा युद्धप्रिय योद्धा कमल-

स्रजश्च विविधाश्चित्रा जयार्थमभिमन्त्रिताः ॥ २७ ॥ प्रह्लादस्य शुभे मूर्धन्याबबन्धोशनाः स्वयम् ॥ कालेन सह संग्रामे प्रयुद्धस्य महात्मनः ॥ २८ ॥
प्रह्लादस्यातिवीर्यस्य शांति चक्रे स भार्गवः ॥ दश शिष्यसहस्राणि भार्गवस्य महात्मनः ॥ २९ ॥ यानि दानववीराणां जेपुः शान्तिमनुत्तमाम् ॥
अथर्वाणमथो दिव्यं ब्रह्मसंस्तवचोदितम् ॥३०॥ रणप्रवेशसदृशं कर्म वैजयिकं कृतम् ॥ ततः सर्वास्त्रविदुषः समरेष्वनिवर्तिनः ॥३१॥ विद्यया तपसा
युक्ताः कृतस्वस्त्ययनक्रियाः ॥ धनुर्हस्ताः कवचिनो वेगेनाप्लुत्य दानवाः ॥ बलिमभ्यर्च्य राजानं प्रह्लादं पर्यवारयन् ॥ ३२ ॥ आस्थाय परमं दिव्यं
रथं पररथारुजम् ॥ नानाप्रहरणाकीर्णं सवज्रमिव पर्वतम् ॥ ३३ ॥ तद्बभूव मुहूर्तेन क्ष्वेडितास्फोटिताकुलम् ॥ मेरोः शिखरमाकीर्णं द्यौरिवाम्बुध-
रागमे ॥३४॥ स्रजः पद्मपलाशानामामुच्य सुविभूषिताः ॥ बान्धवान्संपरित्यज्य निपतन्ति रणप्रियाः ॥३५॥ महायुधधरःश्रीमाञ्छुभचर्मधरः प्रभुः ॥
शिरस्त्राणतनुत्राणि धन्वी परमदुर्जयः ॥३६॥ सिंहशार्दूलदर्पाणां गदतां किङ्किणीकिनाम् ॥ तस्य दैत्यसहस्राणि प्रयान्त्यग्रे महारणे ॥३७॥ सैन्य-
पक्षहतास्तस्य रथाः परमदुर्जयाः ॥ सप्ततिर्वै सहस्राणि गजास्तावन्त एव च ॥ ३८ ॥ मध्येऽव्यूहोदरस्थस्तु कालनेमिर्महासुरः ॥ धनुर्विस्फारयामास
ननाद प्रजहास च ॥३९॥ यस्मिञ्छतसहस्राणि पुरो यान्ति महाद्युतेः ॥ दानवानां बलवतां शक्रप्रतिमतेजसाम् ॥ ४० ॥ स समं वर्तमानस्तु पक्षा-
भ्यां विस्तृतो महान् ॥ अभवद्दानवव्यूहो दुर्भेद्यः सर्वदैवतैः ॥४१॥ षष्टिं रथसहस्राणि दानवानां धनुर्भृताम् ॥ नानाप्रहरणानां च परिमाणं न विद्यते

पुष्पकी माला पहन तथा अपने बन्धु-बान्धवोंको त्यागकर प्रसन्नतापूर्वक रणभूमिमें जूझ रहे थे ॥ ३५ ॥ दैत्यपति केशी महान् आयुध, दिव्य चर्म, शिरस्त्राण, कवच तथा विशाल धनुष धारण किये रहनेके कारण सबके लिए परम दुर्जय हो रहा था ॥ ३६ ॥ सिंह और शार्दूलके समान अहंकारी और सिंहगर्जन करते हुए हजारों दैत्य उसके आगे-आगे चल रहे थे ॥३७॥ शत्रुसैन्यका संहार करनेमें समर्थ सत्तर हजार रथ और इतने ही हाथी उसके साथ थे ॥३८॥ उसकी सेनाके मध्यव्यूहमें महान् असुर कालनेमि जोरोंसे धनुषका टंकोर करता और गर्जता हुआ अट्टहास कर रहा था ॥ ३९ ॥ उस महातेजस्वी दैत्य प्रह्लादके आगे-आगे इन्द्रके समान तेजस्वी एक लाख बलवान् दैत्यसैनिक चल रहे थे ॥ ४० ॥ देव-दानव उभयपक्षमें समान-रूपसे वर्तमान वह विस्तृत दानवव्यूह सब देवताओं द्वारा भी अभेद्य था ॥ ४१ ॥ उन धनुर्धारी दानवोंके साठ हजार रथ चल रहे थे । उनके पास नाना प्रकारके कितने शस्त्रास्त्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे, इसकी कोई सीमा नहीं थी ॥ ४२ ॥ गदा, परिघ, शूल, मुद्गर और पट्टिश आदि शस्त्र धारण करके वे दैत्य पर्वतसदृश दीख रहे थे ॥ ४३ ॥ वे सैनिक गर्जन करते और हल्ला मचाते हुए देवताओंको कटु वचन सुना रहे थे। युद्धभूमिमें पीठ न दिखानेवाले वीर दानव बड़े उत्साहके साथ युद्ध कर रहे थे ॥ ४४ ॥ उस समय रणभूमिमें जैसे हजारों सूर्योंका प्रकाश व्याप्त था। भेरी-शंखके शब्द और अतिवेगवान् हाथियों-घोड़ोंके गर्जनका शब्द सुनायी दे रहा था ॥ ४५ ॥ मेघगर्जन सदृश दुन्दुभीका शब्द तथा शंख और पटहका निनाद सुनायी देता था ॥ ४६ ॥ उस शंखका निनाद, भेरी और तुरहीके शब्द तथा रथकी घड़घड़ाहटका शब्द सुनकर ऐसा लगता था कि मानो आकाश चिल्ला रहा हो ॥ ४७ ॥ इस प्रकार समुद्रसदृश विशाल वाहिनीके साथ रणभूमिमें उपस्थित होकर कालान्तक यमराजकी तरह प्रह्लाद युद्ध कर रहे थे ॥ ४८ ॥ उस विकराल तथा समस्त त्रिलोकीमें व्याप्त विकृत निनादको सुनकर सब लोग हाहाकार करने लगे ॥ ४९ ॥ उस समय आकाशमें नीरस वायु बहने लगी और सियारिनें अपने मुखसे भयानक आगकी लपटें उगलती हुई चिल्लाने लगीं ॥ ५० ॥

॥४२॥ गदापरिघनिस्त्रिंशैः शूलमुद्गरपट्टिशैः ॥ प्रगृहीतैर्व्यराजन्त दानवाः पर्वतोपमाः ॥४३॥ गर्जन्तो निनदन्तश्च विक्रोशन्तः पुनः पुनः ॥ अयुध्यन्त महावीर्याः समरेष्वनिवर्तिनः ॥ ४४ ॥ तत्र सूर्यसहस्राणि शंखभेरीरवाणि च ॥ हयानां च गजानां च गर्जतामतिवेगिनाम् ॥ ४५ ॥ दुन्दुभीनां च निर्घोषः पर्जन्यनिनदोपमः ॥ शुश्रुवे शङ्खशब्दश्च पटहानां च निःस्वनः ॥ ४६ ॥ तेन शङ्खनिनादेन भेरीतूर्यरवेण च ॥ निर्घोषेण रथानां च क्रोशतीव नभस्तलम् ॥४७॥ सागरप्रतिमौघेन बलेन महता वृतः ॥ प्रह्रादोऽयुद्ध्यत रणे कालान्तकयमोपमः ॥४८॥ तस्य नादेन रौद्रेण घोरेणाप्रतिमौजसः ॥ विनेदुः सर्वभूतानि त्रैलोक्यविकृतैः स्वनैः ॥४९॥ अन्तरिक्षात्परं त्यक्त्वा वायुश्च परुषो ववौ ॥ वमन्त्यः पावकं घोरं शिवाश्चैव ववाशिरे ॥५०॥ प्रह्लादस्तु महावीर्यः प्रहसन् युद्धदुर्मदः ॥ उवाच वचनं श्रीमांस्तत्कालक्षममुत्तमम् ॥५१॥ अद्याहं दर्शयिष्यामि स्वबाहुलमूर्जितम् ॥ अद्य मद्बाणनिहतान्देवान्द्रक्ष्यथ संयुगे ॥ ५२ ॥ बान्धवा निहता येषां त्रिदशैरिह संयुगे ॥ अद्य निर्वर्तयिष्यन्ति शत्रुमांसानि दानवाः ॥ ५३ ॥ इममद्य समुद्भूतं रेणुं समरमूर्द्धनि ॥ अहं तु शमयिष्यामि शत्रुशोणितविस्रवैः ॥५४॥ तिमिरौघहतार्कं तु सैन्यरेणवरुणीकृतम् ॥ आकाशं संपतिष्यन्ति खद्योता इव मे शराः ॥५५॥ हृष्टाः संपरिमोदध्वं देवेभ्यस्त्यज्यतां भयम् ॥ अद्याहं निहनिष्यामि कालेन्द्रं धनुषा रणे ॥ ५६ ॥ तोषयिष्यामि राजानं बलिं बलवतां रणे ॥

उसी समय युद्धदुर्मद और महाबली श्रीमान् प्रह्लादने हँसकर कहा—॥ ५१ ॥ आज मैं अपना ओजस्वी बाहुबल प्रदर्शित करूँगा। आज तुमलोग मेरे विकराल बाणोंसे मरे हुए असंख्य देवताओंको रणभूमिमें देखोगे ॥५२॥ इस युद्धमें देवताओं द्वारा जिनके बन्धु-बान्धव हताहत हुए हैं, आज वे लोग देवताओंके मांससे अपने परलोकगत स्वजनोंको पिण्डदान देंगे ॥५३॥ यह जो धूल रणभूमिसे उड़कर मेघके समान आकाशमण्डलमें छायी हुई है और जिसने सूर्यनारायणको भी ढाँक लिया है, सो मैं इस धूलको शत्रुओंकी रुधिरधारासे शान्त कर दूँगा ॥ ५४ ॥ आज जुगुनूके समान मेरे बाण अन्धकाराच्छन्न आकाशमण्डलमें चमकेंगे ॥ ५५ ॥ आज तुमलोग खुशी मनाओ और देवताओंका भय त्याग दो। आज रणभूमिमें मैं अपने धनुषसे कालको भी समाप्त कर दूँगा ॥ ५६ ॥ आज युद्धभूमिमें अपना कौशल प्रदर्शित करके मैं बलवान् राजा बलिको प्रसन्न कर दूँगा। गणों समेत समस्त देवताओंका वध करके मैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यमराजको भी मार डालूँगा ॥५७॥ यह मेरे तूणीर और सर्पसदृश जहरीले बाणोंको देख रहे हो न ? ये सब अक्षय हैं। अपने जीवनके इच्छुक ऐसे कितने प्राणी हैं कि जो आज रणभूमिमें मेरे समक्ष खड़े हो सकें ॥५८॥ युद्धके सदृश उत्तम गति और कोई भी नहीं हो सकती। क्योंकि अपने शत्रुओंका वध करके आत्मसन्तोष प्राप्त होता है और राजासे सम्मान मिलता है। यदि रणभूमिमें मरण हो जाय तो स्वर्गकी प्राप्ति होती है ॥५९॥ हे दानवगण ! तुम लोग निर्भीक चित्तसे रणभूमिमें उतरकर शत्रुओंको मार डालो और सानन्द नन्दनवनमें विहार करो। ॥६०॥ सर्वास्त्रवेत्ता, समरसे अपराङ्मुख, निजबाहुबलदर्पित तथा दानवसत्तम प्रह्लाद अपने सैनिकोंसे ऐसा कहकर नानाविध शस्त्रधारी साठ हजार रथी सैनिकोंके साथ कालके सेनिकोंको मर्दित करने लगे ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ उनके अतिरिक्त जिन्होंने विपुल दक्षिणा देकर सौ यज्ञ किये थे। जो धार्मिक, क्षमाशील, व्रतपरायण, दाता, प्रियभाषी, शास्त्रसमर्थक, एकपत्नीव्रती,

त्रिदशान्सगणान्हत्वा रणे चान्तकमन्तिकात् ॥५७॥ अक्षयाः सन्ति मे तूणाः शराश्चाशीविषोपमाः ॥ स्थातुं मे पुरतः शक्ताः के रणे जीवितेप्सवः
॥ ५८ ॥ हत्वा रिपुगणांस्तुष्टिरनुरागश्च राजसु ॥ हतस्य त्रिदिवे वासो नास्ति युद्धसमा गतिः ॥ ५९ ॥ ते भयं पृष्ठतः कृत्वा रणे दानवसत्तमाः ॥
निहत्येमानरीन्सर्वान्मोदध्वं नन्दने वने ॥६०॥ एवमुक्त्वा महत्सैन्यं प्रह्लादो दानवोत्तमः ॥ कालसैन्यं महारौद्रं तरसाऽमर्दतासुरः ॥६१॥ सर्वास्त्रविद्वान्
वीरश्च नित्यं चाप्यपराजितः ॥ युद्धे ह्यभिमुखो नित्यं स्वबाहुबलदर्पितः ॥६२॥ षष्टिं रथसहस्राणि विविधायुधधारिणाम् ॥ प्रह्लादस्यातिवीर्यस्य
ये तस्य तनया निजाः ॥ ६३ ॥ तैस्तु क्रतुशतैरिष्टं विपुलैराप्तदक्षिणैः ॥ क्षान्ता धर्मपरा नित्यं सत्यव्रतपरायणाः ॥ ६४ ॥ दातारः प्रियवक्तारो
वक्तारः शास्त्रवस्तुषु ॥ स्वदारनिरता दान्ता ब्रह्मण्याः सत्यसङ्गराः ॥ ६५ ॥ यष्टारः क्रतुभिर्नित्यं नित्यं चाध्ययने रताः ॥ इष्वस्त्रकुशलाः सर्वे
बहुशो दृढविक्रमाः ॥ ६६ ॥ मत्तवारणविक्रान्ताः शत्रुसैन्यप्रमर्दकाः ॥ दारयन्तः पदाक्षेपैः सुघोरान्वातरेचकान् ॥ ६७ ॥ युद्धोत्सुकधियो नित्यं
क्रोधरंजितलोचनाः ॥ संदष्टौष्ठपुटा दैत्या विनेदुर्भीमविक्रमाः ॥ क्ष्वेडितास्फोटितरवैरन्योन्यं समहर्षयन् ॥ ६८ ॥ वेणुशंखरवैश्चैव सिंहनादैश्च
पुष्कलैः ॥ आप्लुत्याप्लुत्य सहसा रणे वव्रुरनेकशः ॥ ६९ ॥ तालमात्राणि चापानि विकृष्य सुमहाबलाः ॥ अमृष्यमाणाः सहसा दानवाश्चाप-
पाणयः ॥ ७० ॥ सुरासुरैरप्यजितं योधयन्ति रणेऽन्तकम् ॥ प्रतप्तहेमाभरणाः सर्वे ते श्वेतवाससः ॥ ७१ ॥ दानवा मानिनः सर्वे सर्वे स्वर्गाभि-

दानी, ब्राह्मणभक्त, सत्यप्रतिज्ञ, नित्य यज्ञ करनेवाले, नित्य अध्ययनशील और अस्त्रविद्यामें निपुण थे। जो रणभूमिमें अनेक कौशल प्रदर्शित कर चुके थे। जिनका पराक्रम मत्त गजराजसदृश था। जो अपने पैरकी ठोकरसे बड़े-बड़े वृक्षोंको धराशायी कर देते थे। जिनका रणकण्डु युद्धकी प्रेरणा देता था। जिनके नेत्र सदा क्रोधसे लाल रहते थे। वे भयानक पराक्रमी प्रह्लादपुत्र होंठ काटते हुए बीच-बीचमें सिंहनाद कर रहे थे। वह सिंहगर्जन तथा ताल ठोंकनेका शब्द सुनकर वीर सैनिकोंके हर्षका ठिकाना नहीं रहा ॥६३–६८॥ वे दैत्यगण वेणुवादन, शंखध्वनि तथा सिंहनाद करते हुए चारों ओरसे उछलते-कूदते हुए युद्धभूमिमें जा पहुँचे ॥ ६९ ॥ वे महाबली दानव तालवृक्षके सदृश विशाल धनुष लेकर शत्रुके वेगको असह्य समझते हुए देवता-दानव सभी लोगोंसे अजेय कालके साथ लड़ने लगे। वे सब दैत्य तपाये हुए सुवर्णका अलंकार और श्वेत वस्त्र धारण किये हुए थे ॥ ७० ॥ ७१ ॥ वे सभी वीर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अभिमानी, जयाभिलाषी, स्वर्गप्राप्तिके इच्छुक और शत्रुवधके लिए उद्यत थे ॥७२॥ इस प्रकार ध्वजा-पताकासे सुशोभित परम पराक्रमी हाथियों, घोड़ों और रथोंसे परिपूर्ण वाहिनी युद्धके लिए प्रस्तुत हो गयी ॥७३॥ उसी समय भयानक पराक्रमी, भीषणकलेवर, रुधिरके सदृश रक्तवर्ण नेत्रवाले कालदेव व्याधिसमुदायसे परिवेष्टित होकर सिंहनाद करते हुए युद्धयात्राको चले ॥ ७४ ॥ बाहर निकलते ही उन्होंने देखा कि प्रफुल्लमुखकान्ति तथा गर्ववश गर्जनकारिणी दानवी सेना बड़े वेगके साथ चली आ रही है ॥ ७५ ॥ तत्काल व्याधिगणोंके साथ रुधिरसदृश रक्तनेत्र काल उन दानव सैनिकोंपर टूट पड़े और भीतर घुस तथा मार्ग रोककर उनका भीषण संहार करने लगे ॥ ७६ ॥ ७७ ॥ वे दण्ड, मुद्गर और पट्टिश आदि शस्त्रोंसे प्रह्लादपर भी प्रहार करने लगे ॥ ७८ ॥ उनके अनुचर व्याधिगण भी शर, शक्ति, ऋष्टि, खड्ग, शूल, मुशल, गदा, परिघ, विचित्र प्रकारके परशु, विचित्र धनुष तथा अतिशय

कांक्षिणः ॥ सर्वे जयैषिणो वीराः सर्वे शत्रुवधोद्यताः ॥ ७२ ॥ शुशुभे सा चमूर्दीप्ता पताकाध्वजमालिनी ॥ गजाश्वरथसंबाधा स्वर्गमार्गाभिकांक्षिणी ॥ ७३ ॥ ततः कालः सुनिर्यातो भीमो भीमपराक्रमः ॥ निनदन्सुमहाकायो व्याधिभिर्बहुभिर्वृतः ॥ ७४ ॥ ददर्श महतीं सेनां दानवानां बलीयसाम् ॥ अभिसञ्जातदर्पाणां कालं समभिगर्जताम् ॥ ७५ ॥ तदायान्तं तदानीकं दानवानां तरस्विनाम् ॥ प्रतिलोमं चकाराशु व्याधिभिः सहितोऽन्तकः ॥ ७६ ॥ प्रविश्य ध्वजिनीं चैषां पातयामास दानवान् ॥ कालो रुधिररक्ताक्षः स्वेनानीकेन संवृतः ॥ ७७ ॥ प्रह्लादबलमत्युग्रं प्रह्लादं च महाबलम् ॥ आजघान रणे कालो दण्डमुद्गरपट्टिशैः ॥ ७८ ॥ शरशक्त्यृष्टिखड्गांश्च शूलानि मुसलानि च ॥ गदाश्च परिघाश्चैव विचित्राश्च परश्वधाः ॥ ७९ ॥ धनूंषि च विचित्राणि शतघ्नीश्च स्थिरायसीः ॥ पात्यन्ते व्याधिभिर्युद्धे दानवानां चमूमुखे ॥ ८० ॥ बहवो व्याधयो युद्धे बहूनसुरपुंगवान् ॥ व्याधीनपि च दैत्यौघा निजघ्नुर्बहवो बहून् ॥ ८१ ॥ शूलैः प्रमथिताः केचित्केचिच्छिन्नाः परश्वधैः ॥ परिघैराहताः केचित्केचिच्च परमायुधैः ॥ केचिद्‌द्विधा कृताः खड्गैः स्फुरन्तः पतिता भुवि ॥ ८२ ॥ व्याधयो दानवैरेव नानाशस्त्रैर्विदारिताः ॥ ते चापि व्याधिभिः सर्वे विविधैरायुधोत्तमैः ॥ ८३ ॥ खड्गैश्च मुसलैस्तीक्ष्णैः प्रासतोमरमुद्गरैः ॥ भिन्नाश्च दानवाः सर्वे निकृत्ताश्च परश्वधैः ॥ ८४ ॥ मुद्गरैः पट्टिशैश्चैव व्याधिभिश्च महाबलैः ॥ कृत्वा शस्त्रैरनेकैश्च मुष्टिभिश्च हता भृशम् ॥ ८५ ॥ वेमुः शोणितमन्योन्यं विष्टब्धदशनेक्षणाः ॥ आर्तस्वरं च नदतां

दृढ़लौहनिर्मित शतघ्नी आदि विभिन्न शस्त्रास्त्रोंकी वर्षा करने लगे ॥ ७९ ॥ ८० ॥ जिस प्रकार व्याधिगण उन असुरोंपर प्रहार कर रहे थे, ठीक उसी प्रकार दैत्यगण भी व्याधिगणोंपर निर्मम प्रहार करते थे ॥ ८१ ॥ उनके प्रहारसे किसी व्याधिका शूलास्त्रसे संहार हो गया, कोई परशुसे छिन्न-भिन्न हो गया और कोई परिघ तथा अन्यान्य उत्कृष्ट शस्त्रोंसे दो खंडोंमें विभक्त होकर जमीनपर गिर गया और छटपटाने लगा ॥ ८२ ॥ इस प्रकार वे व्याधिगण दानवोंके विविध शस्त्रास्त्रोंसे विदारित हो-होकर त्रस्त हो उठे। उसी तरह व्याधिगणोंके सुनिर्मल तीक्ष्ण खड्ग, प्रास, तोमर और मुद्गर द्वारा विदारित, कोई दैत्य पशुके आघातसे दो खंडोंमें विभक्त, कोई मुद्गर तथा पट्टिशास्त्रसे निहत, कोई विविध शस्त्रोंसे क्षत-विक्षत और कोई-कोई दैत्य मुक्केके प्रहारसे अत्यधिक आहत हो दाँतसे दाँत दबा और दृष्टि स्थिर करके रुधिर वमन करने लगा। बीच-बीचमें भयानक आर्तनाद तथा सिंहनादके कोलाहलसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एक भयङ्कर और लोमहर्षक शब्द गूँज उठा ॥ ८३–८६ ॥ इसी प्रकार मुक्केके प्रहारसे किसी किसीका मस्तक चूर हो गया और करारे थप्पड़ोंकी मारसे किसी-किसीका शरीर पिसकर पृथिवीपर गिर पड़ा। कुछ ही क्षणोंके रक्तकी नदी बहने लगी। सैनिकोंके वस्त्र उस नदीके फेन, ध्वजायें आवर्त, कटी भुजायें महासर्प, शूल और शक्ति नदीके बृहत्काय मत्स्य, धनुष मगर और रथोंके जुए उस नदीके प्रस्तरस्तम्भ जैसे दिखायी देने लगे। ध्वजायें वृक्षों और लताओंके समान दीख रही थीं ॥ ८७–८९ ॥ धीरे-धीरे इतने भयानक वेगसे रुधिरधारा बहने लगी कि वह नदी बहुत विस्तृत होकर भयङ्कर कोलाहल मचाने लगी। उधर दैत्येन्द्र प्रह्लाद और देवसत्तम काल ये दोनों परस्पर एक दूसरेपर इस प्रकार शस्त्रवर्षा करने लगे कि मानो दो मेघ जलकी वर्षा कर रहे हों। उन दानवोंके धनुष इन्द्रधनुष और दोनोंके बाजूबन्द बिजलीके समान चमक रहे थे ॥ ९० ॥ महामेघ सदृश विकटरूपधारी उन दोनों वीरोंमेंसे एक रथपर और दूसरा हाथीपर सवार था। अत्यधिक क्रुद्ध होनेके कारण वे दोनों सजल जलधरके समान दीख रहे थे। उन दोनोंके शरीरपर कांचननिर्मित कवच एवं गलेमें मनोहर

सिंहनादं च गर्जताम् ॥ ८६ ॥ बभूव तुमुलः शब्दः संग्रामे लोमहर्षणे ॥ मुष्टिभिश्चोत्तमाङ्गानि तलैर्गात्राणि चासकृत् ॥ ८७ ॥ सादितानि महीं जग्मुस्तिष्ठतामेव संयुगे ॥ अस्त्रफेना ध्वजावर्त्ता छिन्नबाहुमहोरगा ॥ ८८ ॥ शूलशक्तिमहामत्स्या चापग्राहसमाकुला ॥ रथेषूपलसंबन्धा ध्वजद्रुमलतावृता ॥ ८९ ॥ सशब्दघोरविस्तारा लोहितोदाऽभवन्नदी ॥ स्वधनुः शक्रधनुषौ काञ्चनाङ्गदविद्युतौ ॥ ९० ॥ तौ दैत्यकालजलदौ शरधारां व्यमुञ्चताम् ॥ तौ महामेघसंकाशौ रथनागगतौ तदा ॥ ९१ ॥ बभूवतुरभिक्रुद्धौ साम्बुगर्भाविवाम्बुदौ ॥ तप्तकाञ्चनसन्नाहौ दिव्यहारविभूषितौ ॥ ९२ ॥ तौ विरेजतुरायत्तौ सूर्यवैश्वानरोपमौ ॥ तौ महाबलसंकाशावन्योन्यस्य चमूमुखे ॥ ९३ ॥ शक्राशनिसमस्पर्शैर्बाणैर्जग्मतुराहवे ॥ परस्परं समासाद्य तयोर्युधि दुरासदम् ॥ ९४ ॥ नाशंसन्त तदा योधा जीवितान्यपि संयुगे ॥ शरैर्विभिन्नसर्वाङ्गा युधि प्रक्षीणबान्धवाः ॥ निपेतुर्योधमुख्यास्तु रुधिरोक्षितवक्षसः ॥ ९५ ॥ पतितैर्निष्पतद्भिश्च पात्यमानैश्च संयुगे ॥ बभूव भूः समाकीर्णा योधैरुद्गतजीवितैः ॥ ९६ ॥ अगृह्णन्त शरान्घोरांस्ते च सन्दधतोस्तयोः ॥ अन्तरं ददृशे कश्चित्प्रयतादपि संयुगे ॥ ९७ ॥ लघुत्वाच्च महाबाहू युद्धशौण्डौ महाबलौ ॥ मण्डलीभूतधनुषौ सकृदेव बभूवतुः ॥ ९८ ॥ प्रह्लादस्य च बाणौघैर्दुद्रावान्तकवाहिनी ॥ उह्यमाना बलवता वायुनेवाभ्रमण्डलम् ॥ ९९ ॥ हतदर्पं तु विज्ञाय प्रह्लादः

हार पड़े थे। उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि जैसे तेजस्वी सूर्य और प्रज्वलित अग्नि विराजमान हों। वे दोनों पर्वताकार वीर वज्रसदृश कठोर बाणोंसे परस्पर एक दूसरेकी सेनाका संहार करने लगे ॥ ९१–९४ ॥ दोनों पक्षके वीर जीवनसे निरपेक्ष होकर लड़ने लगे। बाणोंके आघातसे किसीका वक्षस्थल विदीर्ण हो गया और अनवरत रक्तस्रावसे विकल होकर वह भूमिमें लोट गया ॥ ९५ ॥ इस प्रकार किसीके भूपतित तथा किसीके पतनोन्मुख होनेके कारण रणभूमिमें तनिक भी जगह शेष नहीं रह गयी ॥ ९६ ॥ महाबाहु, महाबली और परम पराक्रमी उन दोनोंकी इस प्रकार आश्चर्यजनक क्षिप्रकारिता थी कि वे दोनों कब बाण लेते और धनुषपर चढ़ाकर छोड़ते थे, यह बात अनेक यत्न करके देखनेपर भी नहीं दीखती थी ॥ ९७ ॥ ऐसा लगता था कि उन दोनों वीरोंने एक बार धनुषको जो मण्डलाकार किया, सो वह बराबर मण्डलाकार ही बना रहा ॥ ९८ ॥ जैसे वायुके झोंकेसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मेघमण्डल उड़ जाते हैं, उसी प्रकार यमराज (काल) की सेना प्रह्लादके बाणोंका प्रहार सहनेमें असमर्थ होकर बड़े वेगसे भागने लगी ॥ ९९ ॥ उस समय प्रह्लाद कालके दर्पको चूर्ण समझकर उनकी अन्य सेनाको निपीडित करने लगे ॥ १०० ॥ १०१ ॥ फलतः काल और प्रह्लादमें जैसा युद्ध हो गया, वैसा युद्ध न कभी हुआ है और न भविष्यमें ही होगा ॥१०२॥ अद्भुत बल-वीर्यसम्पन्न महावीर प्रह्लादने घावभरे शरीरसे कालपर विजय प्राप्त किया और कालदेवता रणभूमिसे बाहर चले गये ॥१०३॥ इति श्रीमहाभारत हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनषष्टितमोऽध्यायः ॥ ५९ ॥

(अनुह्लाद तथा कुबेरका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! प्रह्लादका लघु भ्राता बलवान् अनुह्लाद धनाधिपति कुबेरकी सेनाको विक्षुब्ध करके भयानक युद्ध करने लगा ॥ १ ॥ क्रोधमें भरके अपनी सेनाके साथ उसने कुबेरपर धावा बोल दिया ॥ २ ॥ जब देवता शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित होकर युद्धमें प्रवृत्त हुए तो असुरगण उसे सहन करनेमें असमर्थ हो

कालमाहवे ॥ अपयातं च समरे द्विषन्तं सम्प्रतर्क्य तम् ॥१००॥ मत्वा वशगतं चैव प्रह्लादो युद्धदुर्मदः ॥ तत्रैवान्यां चमूं भूयः सम्ममर्द महासुरः ॥१०१॥ कालप्रह्लादयोर्युद्धमभवद्यादृशं पुरा ॥ तादृशं सर्वलोकेषु न भूतं न भविष्यति ॥१०२॥ एवमद्भुतवीर्यौजा महारणकृतव्रणः ॥ प्रह्लादस्त्वथ वृद्धोऽत्र कालस्त्वपसृतो रणात् ॥ १०३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कालप्रह्लादयुद्धे एकोनषष्टितमोऽध्यायः ॥ ५९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ धनाध्यक्षमनुह्लादः प्रह्लादस्यानुजो बली ॥ ससैन्यं योधयामास क्षोभयन् यक्षवाहिनीम् ॥ १ ॥ महता च बलौघेन त्वनुह्लादोऽसुरोत्तमः ॥ अर्दयामास संक्रुद्धो धनाध्यक्षं प्रतापवान् ॥२॥ अमृष्यमाणांस्त्रिदशानावहस्थानुदायुधान् ॥ चकार कदनं घोरं धनुष्पाणिर्महासुरः ॥३॥ आवर्त इव संजज्ञे बलस्य महतो महान् ॥ क्षुभितस्याप्रमेयस्य सागरस्येव संप्लवः ॥४॥ त्रिदशानां शरीरैस्तु दानवानां च मेदिनी ॥ बभूव निचिता घोरैः पर्वतैरिव संप्लवे ॥५॥ मेरुपृष्ठं तु रक्तेन रञ्जितं संप्रकाशते ॥ सर्वतो माधवे मासि पुष्पितैरिव किंशुकैः ॥६॥ हतैर्वीरै रैर्गजैरश्वैः प्रावर्तत महानदी ॥ शोणितौघा महाघोरा यमराष्ट्रविवर्द्धिनी ॥ ७ ॥ शकृन्मेदोमहापङ्का सम्प्रकीर्णान्त्रशैवला ॥ छिन्नकायशिरोमीना अङ्गावयवशाद्वला ॥ ८॥ गृध्रहंससमाकीर्णा केकिसारसनादिता ॥ वसाफेनसमाकीर्णा प्रोत्कृष्टस्तनितस्वरा ॥ ९ ॥ तां कापुरुषदुस्तारां युद्धभूमौ महानदीम् ॥ नदीमिवा-

गये और वे धनुष ले-लेकर भयानक ढंगसे मार-काट करने लगे ॥ ३ ॥ अप्रमेय समुद्रके समान दोनों ओरकी विशाल सेनायें जब अत्यधिक क्षुब्ध हो उठीं, तब उभयपक्षमें महान् सेना-सङ्घर्ष उपस्थित हो गया ॥ ४ ॥ दोनों ओरके सेनाओंके कट-कटकर गिरनेसे रणभूमि इस प्रकार परिपूर्ण हो गयी, जिससे यह भान होने लगा कि समस्त पृथिवी पर्वतोंसे व्याप्त हो गयी है ॥ ५ ॥ जैसे चैत्रमासमें पलाशके पुष्पोंसे सुमेरुपर्वत ढँक जाता है, उसी प्रकार वह रणभूमि भी रक्तके रंगसे रँग गयी ॥ ६ ॥ हाथी, घोड़े और वीरसेनाओंके मर-मरकर गिरनेसे धीरे-धीरे यमराज्यवर्धिनी भयानक रुधिरनदी प्रवाहित हो उठी ॥ ७ ॥ विष्ठा तथा मेद उस नदीके कीचड़ थे। टूट-फूटकर छितराये हुए शस्त्रास्त्र सेवार, छिन्न-भिन्न देहखण्ड और मस्तक मछलियाँ, अंगोंके अन्यान्य अवयव बालुका, गृध्रगण हंस, कंकपक्षी उस नदीके सारस, वसा फेन और उन पक्षियोंका कलरव उस नदीके कोलाहलसदृश लग रहा था ॥८॥ ९॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ग्रीष्मऋतुके अन्तमें हंस-सारस आदिके द्वारा जैसे नदी सुशोभित होती है, उसी प्रकार कायर पुरुषोंका भय बढ़नेवाली वह रणनदी भी बहुत सुन्दर लगने लगी ॥ १० ॥ गजयूथपतिके समान देवता और दानवगण उस दुस्तर शोणितनदीको पार करनेकी चेष्टा करने लगे ॥ ११ ॥ अनुह्रादको अपने रथपरसे ही बाणवर्षा करके अपनी सेनाका विनाश करते देखकर कुबेर बहुत क्रुद्ध हुए और वे वायु द्वारा उड़ायी मेघराशिके समान भयानक दैत्यसेनाको अस्त-व्यस्त करने लगे ॥ १२ ॥ १३ ॥ इस प्रकार कुबेरको भीषण संहार करते देख सेनापति अनुह्राद अपने सूर्यसदृश देदीप्यमान रथपर सवार होकर उनकी ओर दौड़ा ॥ १४ ॥ धनुर्धर वीरोंमें अग्रणी वीरवर अनुह्राद धनुष खींचकर महात्मा कुबेरपर अपने तीखे बाणोंकी वर्षा करने लगा ॥ १५ ॥ उस दैत्यके छोड़े हुए बाण कुबेरके शरीरका भेदन करके उनके पीछे खड़े यक्षों और राक्षसोंको भी विद्ध करने लगे ॥१६॥ परमपराक्रमी यक्षराज कुबेर उन अनलतुल्य

तपापाये हंससङ्घोपशोभिताम् ॥१०॥ त्रिदशा दानवाश्चैव तेरुस्ते दुस्तरां नदीम् ॥ यथा पङ्कजोध्वस्तां नलिनीं गजयूथपाः ॥११॥ ततः सृजन्तं बाणौघाननुह्रादं रथे स्थितम् ॥ ददर्श तरसा देवो निघ्नन्तं यक्षवाहिनीम् ॥ १२ ॥ क्रुद्धस्ततो दैत्यबलं सूदयामास वित्तपः ॥ विक्षिपन्निव खे वायुर्महाभ्रपटलं बलात् ॥ १३ ॥ समीक्ष्य तुमुलं युद्धमनुह्रादश्च वीर्यवान् ॥ रथेनादित्यवर्णेन कुबेरमभिदुद्रुवे ॥ १४ ॥ स धनुर्धन्विनां श्रेष्ठो विकृष्य रणमूर्धनि ॥ उत्ससर्ज शिताम्बाणान्वित्तेशस्य महात्मनः ॥ १५ ॥ कुबेरं प्राप्य ते बाणा निर्भिद्य सुसमाहिताः ॥ अपरान्पृष्ठतो जघ्नुर्व्यासक्तान् यक्षराक्षसान् ॥१६॥ देवः शरैरभिहतो निशितैर्ज्वलनोपमैः ॥ अनुह्रादं प्रत्युदियात्संक्रुद्धः परमाहवे ॥१७॥ ततो वैश्रवणो राजा क्रुद्धो यक्षगणैः सह ॥ ववर्ष शरवर्षाणि दानवं प्रति वीर्यवान् ॥१८॥ तद्यथा शारदं वर्षं गोवृषः शीघ्रमागतम् ॥ अपारयन्वारयितुं प्रतियुद्धनिमीलितः ॥१९॥ एवमेव कुबेरस्य शरवर्षं महासुरः ॥ निमीलिताक्षः सहसा दैत्यः सहति दारुणम् ॥ २० ॥ रोषितः शरवर्षेण धनदेन महासुरः ॥ इन्द्रकेतुप्रतीकाशमभितोऽपश्यत द्रुमम् ॥ २१ ॥ प्रवृद्धशालाविटपं तरुणाङ्कुरपल्लवम् ॥ उत्पाट्य कुपितो दैत्यस्तरुं फलसमन्वितम् ॥ २२ ॥ निजघान हयाञ्छ्रेष्ठान्कुबेरस्य महात्मनः ॥ तस्य कर्म महाघोरं दृष्ट्वा सर्वे महासुराः ॥ २३ ॥ सिंहनादं नदन्ति स्म अनुह्रादप्रहर्षिताः ॥ तयोस्तु तुमुलं युद्धं संजज्ञे देवदैत्ययोः ॥ २४ ॥ ततस्तौ क्रोधरक्ताक्षावन्योन्यवधकाङ्क्षिणौ ॥ अन्योन्यं विविधैः शस्त्रैर्घोरैर्जघ्नतुराहवे ॥ २५ ॥ त्रिदशा दानवान्सर्वे मथित्वा प्राणदंस्तदा ॥

बाणोंसे आहत होकर बड़े क्रोधके साथ अनुह्रादकी ओर बढ़े और सब एक साथ मिलकर दानवोंपर बाणवर्षा करने लगे ॥ १७ ॥ १८ ॥ किन्तु शरत्कालमें सहसा वृष्टि आरम्भ हो जानेपर बैल जैसे उसका निवारण करनेमें असमर्थ हो अपने नेत्र मूँदकर उसे सह लेता है, उसी प्रकार उसने भी यक्षराजके प्रहारको सह लिया ॥१९॥२०॥ तदनन्तर कुबेरकी बाणवर्षासे अत्यन्त कुपित होकर अनुह्राद इन्द्रध्वजसदृश एक उच्च वृक्षका खोजने लगा ॥ २१ ॥ तत्पश्चात् बड़ी-बड़ी शाखा, विटप, पल्लव तथा फलसे लदा एक वृक्ष उखाड़कर उसीसे कुबेरजीके घोड़ोंको मार डाला। उसके उस साहसपूर्ण कार्यको देखकर अन्यान्य दानव अत्यन्त प्रसन्न होकर सिंहनाद करने लगे। इस प्रकार देवताओं और राक्षसोंका वह युद्ध हो उठा ॥ २२–२४ ॥ तदनन्तर क्रोधसे लाल नेत्रोंवाले यक्षराज कुबेर तथा दैत्यराज अनुह्राद दोनों परस्पर एक दूसरेका वध करनेके विचारसे बाणवर्षा करके मारने लगे ॥ २५ ॥ जिस प्रकार देवताओं द्वारा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दानवोंका संहार करके कुबेर गर्जन कर रहे थे, उसी प्रकार दानव भी देवताओंको धराशायी करके गर्जने लगे ॥ २६ ॥ तदनन्तर दानव अत्यन्त क्रुद्ध होकर अग्निसदृश तेजस्वी, वज्रसदृश कठोर, सरल तथा कंकपत्रशोभित बाणोंकी वर्षा करके देवताओंका संहार करने लगे ॥ २७ ॥ महाबली देवता दैत्योंके बाणोंसे घायल होकर पहलेसे भी अधिक उग्र रूप धारण करके निर्भीकभावसे लड़ने लगे ॥२८॥ वे भीषण गदा, शूल, पट्टिश, मुद्गर, परिघ तथा तीक्ष्ण अग्रभागवाले बाणोंसे दैत्योंका वध कर रहे थे ॥ २९ ॥ उस विकराल बाणवर्षासे दैत्योंके शरीर विदीर्ण और खड्गके आघातसे वक्षःस्थल क्षत-विक्षत हो गये ॥ ३० ॥ दैत्यगण प्रकाण्ड प्रस्तरखण्ड और बड़े-बड़े वृक्ष लेकर बारम्बार सिंहनाद करते हुए हजारों देवताओंको पीसने लगे ॥ ३१ ॥ इस प्रकार विपुल तथा विशाल शिलाखण्ड और बहुशाखासमन्वित वृक्ष, परिघ, पट्टिश, भिन्दिपाल और परशु आदि शस्त्रोंके प्रयोग द्वारा दोनों पक्षमें बड़ा भयानक युद्ध छिड

दानवैस्त्रिदशाश्चापि क्रुद्धैर्भुवि निपातिताः ॥ २६ ॥ दानवास्त्वथ संक्रुद्धास्त्रिदशान्निशितैः शरैः ॥ विव्यधुर्वज्रसंकाशैः कङ्कपत्रैरजिह्मगैः ॥ २७ ॥ विदार्यमाणा दैत्यौघैस्त्रिदशास्तु महाबलाः ॥ अमर्षिततराश्चक्रुर्युद्धकर्माण्यभीतवत् ॥ २८ ॥ ते गदाभिः सुभीमाभिः पट्टिशैः शूलमुद्गरैः ॥ परिघैश्च सुतीक्ष्णाग्रैर्दानवाः पीडिताः शरैः ॥ २९ ॥ शरनिर्भिन्नगात्राश्च खड्गविच्छिन्नवक्षसः ॥ जगृहुस्ते शिलाश्चैव द्रुमांश्चासुरसत्तमाः ॥ ३० ॥ ते भीमसङ्घा दितिजा नर्दमानाः पुनः पुनः ॥ ममन्थुस्त्रिदशान्वीर्याच्छतशोऽथ सहस्रशः ॥ ३१ ॥ ततस्तु तुमुलं युद्धं तेषां समभिवर्तत ॥ शिलाभिर्विपुलाभिश्च शतशश्चैव पादपैः ॥ ३२ ॥ परिघैः पट्टिशैर्भल्लैर्भिन्दिपालैः परश्वधैः ॥ केचिन्निवृत्तशिरसः केचिच्च विदलीकृताः ॥ ३३ ॥ केचिद्विनिहता भूमौ रुधिरार्द्राः सुरासुराः ॥ केचिद्रणाजिरान्नष्टाः परस्परवधार्दिताः ॥ ३४ ॥ विभिन्नहृदयाः केचिच्छिन्नपादाश्च शेरते ॥ विदारितास्त्रिशूलैश्च केचित्तत्र गतासवः ॥ ३५ ॥ तत्सुभीमं महद्युद्धं देवदानवसंकुलम् ॥ बभूव तुमुलं युद्धं शिलापादपसंकुलम् ॥ ३६ ॥ धनुर्ज्यातन्त्रिमधुरं हिक्कातालसमन्वितम् ॥ आर्तस्तनितघोषाढ्यं युद्धं गान्धर्वमाबभौ ॥ ३७ ॥ कुबेरः स धनुष्पाणिर्दानवान्रणमूर्द्धनि ॥ दिशो विद्रावयामास संक्रुद्धः शरवृष्टिभिः ॥ ३८ ॥ कुबेरेणार्दितं सैन्यं विद्रुतं प्रेक्ष्य दानवः ॥ अभ्यद्रवदनुह्रादः प्रगृह्य महतीं शिलाम् ॥ ३९ ॥ क्रोधाद्द्विगुणरक्ताक्षः पितृतुल्यपराक्रमः ॥ शिलां तां पातयामास कुबेरस्य रथोत्तमे ॥ ४० ॥ आपतन्तीं शिलां दृष्ट्वा गदापाणिर्धनाधिपः ॥ रथादाप्लुत्य

गया। इससे किसीका मस्तक कट गया, किसीके पैर कट गये, किसीका वक्षःस्थल विदीर्ण हो गया, कोई-कोई पिस गये और कुछ शस्त्रोंकी मारसे धराशायी हो गये। कुछ देवता त्रिशूलके प्रहारसे विदीर्ण होकर मर गये ॥ ३२–३५ ॥ इस प्रकार एक ओरसे शिलाखण्डों और दूसरी ओरसे वृक्षों तथा विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रों द्वारा महायुद्ध होने लगा ॥ ३६ ॥ उस समय वह महाभयानक युद्ध संगीतसमाजके सदृश दिखायी पड़ा। क्योंकि धनुषकी डोरी सुमधुर वीणा, मरणोन्मुख वीरोंकी हिक्का तान और रणनिपीडित सेनाओंका आर्तनाद गायन जैसा लग रहा था ॥ ३७ ॥ उसी समय यक्षपति कुबेरजीने क्रोधातुर भावसे हाथमें धनुष लिया और उसके द्वारा बाणवर्षा करके दानवोंको मार भगाया ॥ ३८ ॥ अपने सैनिकोंको भागते देखकर पिता (हिरण्यकशिपु) के सदृश पराक्रमी अनुह्रादके नेत्र द्विगुणित लाल हो गये। तत्काल उसने एक विशाल शिला उठायी और बड़े वेगसे दौड़कर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह शिला यक्षराज कुबेरके रथपर फेंक दी ॥ ३९ ॥ ४० ॥ अपने रथपर उस प्रकाण्ड शिलाखण्डको आते देखकर धनाधिपति कुबेर केवल एक गदा लेकर रथसे कूद पड़े और पृथिवी-पर खड़े हो गये ॥ ४१ ॥ उधर वह भयंकर शिला रथके पहिये, जुए, ध्वज, धनुष और घोड़ोंके साथ रथको चूर्ण करके धरतीपर आ गिरी ॥ ४२ ॥ प्रह्लादका लघुभ्राता अनुह्लाद इस प्रकार कुबेरके रथको चूर्ण करके अगणित वृक्षोंकी वर्षा करता हुआ देवसेनाका विध्वंस करने लगा ॥ ४३ ॥ फलतः वृक्षोंके प्रहारसे किसीका मस्तक चूर्ण हो गया और किसीका शरीर भंग हो गया, जिससे खूनसे लतपथ होकर कितने ही देवसैनिक रणभूमिमें लोट गये ॥ ४४ ॥ इस प्रकार देवसेनाओंका संहार करनेके बाद अनुह्लादने एक भयंकर गिरिशिखर उखाड़ा और बड़े वेगसे कुबेरकी ओर दौड़ा ॥ ४५ ॥ उसे अपनी ओर आते देखकर यक्षराजने अपनी गदा तान ली और गर्जन करके ललकारा ॥४६॥ तदनन्तर ज्यों ही वह दैत्य उनके निकट आया, त्यों ही उन्होंने उसकी छातीपर बहुकंटकमयी गदाका प्रहार कर दिया ॥ ४७ ॥ किन्तु दैत्यवर अनुह्लादने कुबेरजीके गदाप्रहारकी तनिक भी चिन्ता न करके उनके मस्तकपर वह

वेगेन वसुधायां व्यतिष्ठत ॥४१॥ सचक्रकूबरहयं सध्वजं सशरासनम् ॥ भङ्क्त्वा रथोत्तमं तस्य निपपात शिला भुवि ॥४२॥ विमथ्य तु कुबेरस्य प्रह्लादस्यानुजो रथम् ॥ शूराणां कदनं चक्रे सस्कन्धविटपैर्द्रुमैः ॥४३॥ निर्भिन्नशिरसो भग्नास्त्रिदशाः शोणितोक्षिताः ॥ द्रुमप्रव्यथिताङ्गाश्च निपेतुर्धरणीतले ॥४४॥ विद्राव्य विपुलं सैन्यमनुह्लादो महासुरः ॥ गिरिशृंगं गृहीत्वा तु कुबेरमभिदुद्रुवे ॥४५॥ तमापतन्तं धनदो गदामुद्यम्य वीर्यवान् ॥ विनर्दित्वाऽऽह्वयामास दानवेन्द्रं महाबलम् ॥४६॥ तस्य दैत्यस्य संक्रुद्धो गदां तां बहुकण्टकाम् ॥ न्यपातयत वित्तेशो दानवस्योरसि प्रभो ॥४७॥ दैत्यः स क्रोधताम्राक्षस्तं प्रहारमचिन्तयन् ॥ वित्तेशस्योपरि तदा गिरिशृङ्गमपातयत् ॥ ४८ ॥ स विह्वलितसर्वाङ्गो गिरिशृङ्गेण ताडितः ॥ पपात सहसा भूमौ विशीर्ण इव पर्वतः ॥ ४९ ॥ वित्तेशं विह्वलं दृष्ट्वा सर्वे ते यक्षराक्षसाः ॥ परिवार्य महात्मानं ररक्षुर्भीमविक्रमाः ॥ ५० ॥ मुहूर्तं विह्वलो भूत्वा पुनर्विश्रवसः सुतः ॥ उपतस्थे च सहसा धनदः क्रोधमूर्च्छितः ॥ ५१ ॥ स ननाद महानादं त्रैलोक्यमभिनादयन् ॥ जनयन्निव निर्घोषं विधमन्निव पर्वतान् ॥ ५२ ॥ तमवध्यं तु विज्ञाय निहन्तुं पुनरुत्थितम् ॥ प्रेक्ष्य पिङ्गाक्षमायान्तं दानवा विप्रदुद्रुवुः ॥ ५३ ॥ तांस्तु विद्रवतो दृष्ट्वाऽनुह्लादो ह्यसुरोऽब्रवीत् ॥ कालनेमिं दानवं च वीर्यदर्पसमन्वितम् ॥ ५४ ॥ आत्मानं चैव वीर्यं च विस्मृत्याभिजनं तथा ॥ क

गिरिशृङ्ग पटक दिया ॥ ४८ ॥ उस समय महाबली तथा परम पराक्रमी यक्षराज कुबेर उस गिरिशिखरके आघातसे विह्वल होकर उत्पाटित पर्वतके समान पृथिवीपर गिर पड़े ॥ ४९ ॥ भीमपराक्रमी यक्ष और राक्षसगण धनाध्यक्ष कुबेरको अचेत देख चारों ओरसे परिवेष्टित करके उनकी रक्षा करने लगे ॥ ५० ॥ किन्तु विश्रवातनय कुबेर मुहूर्त भर ही अचेत रहे, उसके बाद फिर उठकर उन्होंने ऐसा सिंहनाद किया कि जिससे सारी त्रिलोकी प्रतिध्वनित हो उठी। उस समय ऐसा लगा कि मानो वज्राघात हुआ है, जिससे सभी पर्वत एक साथ प्रतिध्वनित हो उठे हैं ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ उधर दानवोंने एक बार मरकर पिंगाक्षको फिर उठकर जब रणभूमिमें आते देखा और उनकी मृत्यु नहीं हुई है, यह जानकर मारे डरके वे पलायन करने लगे ॥ ५३ ॥ अनुह्लादने अपनी सेनाको भागते देख उन्हें पुकारते हुए कहा—हे सैनिकगण ! तुमलोग कालनेमि, सुनेमि और महानेमि प्रभृति दानवों तथा उच्चकुलपरम्परा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवं अपना बल-पराक्रम भूलकर साधारण दानवोंके समान कहाँ भागे जा रहे हो ? ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ हे महाबली वीरों ! इस प्रकार कायरोंकी तरह प्राणरक्षासे क्या लाभ ? यह यक्ष हमारे साथ युद्ध नहीं कर सकता। यह केवल विभीषिका भर दिखा रहा है ॥ ५६ ॥ दानवोंके लिए उपस्थित इस विभीषिकाको मैं अपने पराक्रमसे ध्वस्त कर दूँगा। तुमलोग लौट आओ ॥ ५७ ॥ अनुह्रादके वचन सुनकर असुरगण लौट पड़े और मतवाले हाथियोंके समान समरभूमिमें पहुँचकर देवसेनाओंपर फिर भीषण प्रहार करने लगे ॥५८॥ किन्तु उस समय प्रायः सभी दानवोंके शस्त्रास्त्र चुक गये थे। तथापि मेघके समान गम्भीर गर्जन करते हुए उन दर्पोत्कट दानवोंमेंसे कोई हाथसे, कोई विशाल काष्ठसे, कोई शिलाखण्डसे, कोई मुक्केसे, कोई थप्पड़से, कोई नखाघातसे, कोई पदाघातसे और कोई शाखाबहुल वृक्षोंसे ही देवताओंपर निर्दय प्रहार करने लगा ॥ ५९–६१ ॥ इधर दावाग्नि प्रज्वलित होकर जिस प्रकार

गच्छथ भयत्रस्ताः प्राकृता इव दानवाः ॥ ५५ ॥ निवर्तध्वं महावीर्याः किं प्राणान्परिरक्षथ ॥ नालं युद्धाय यक्षोऽयं महतीयं विभीषिका ॥ ५६ ॥ एतां विभीषिकामद्य दानवानां समुत्थिताम् ॥ विक्रम्य विधमिष्यामि निवर्तध्वं महासुराः ॥ ५७ ॥ तेऽसुराः संनिवृत्ताश्च समदा इव कुञ्जराः ॥ निजघ्नुः परमक्रुद्धा देवसैन्यं महासुराः ॥ ५८ ॥ क्षीणप्रहरणाः केचिन्महामेघनिभस्वनाः ॥ दर्पोत्कटा भुजैरेव संप्रहारं प्रचक्रिरे ॥ ५९ ॥ प्रांशुभिश्चैव काष्ठैश्च शिलाभिश्च महाबलाः ॥ बाहुभिश्च तथान्योन्यमाक्षिपन्ति स्म वेगिताः ॥ ६० ॥ मुष्टिभिश्च तलैश्चैव नखपातैर्महाबलाः ॥ पादपैश्च महाशाखैरयुध्यन्त रणाजिरे ॥ ६१ ॥ अनुह्रादस्तु संक्रुद्धो देवतानां महाचमूम् ॥ ममन्थ परमायत्तो वनान्यग्निरिवोत्थितः ॥ ६२ ॥ रुधिरार्द्रास्तु बहवः शेरते योधसत्तमाः ॥ विकृताः पतिता भूमौ ताम्रपुष्पा इव द्रुमाः ॥ ६३ ॥ अनुह्रादश्च विक्रान्तो देवांस्त्वाशीविषोपमान् ॥ युध्यमानस्य समरे व्यसृजन्निशिताञ्छरान् ॥ ६४ ॥ धनाधिपेन विद्धस्य अनुह्रादस्य संयुगे ॥ अङ्गारमिश्राः क्रुद्धस्य मुखान्निश्चेरुरर्चिषः ॥ ६५ ॥ अथ बाणसहस्रेण वित्तेशं दानवोत्तमः ॥ विव्याध स शरैः क्रुद्धो दण्डपाणिरिवान्तकः ॥ ६६ ॥ कुबेरस्तु शरैर्भिन्नः समन्तात्क्षतजोक्षितः ॥ रुधिरं परिसुस्राव गिरिः प्रस्रवणैरिव ॥ ६७ ॥ लब्ध्वा स तु पुनः संज्ञां रोषरक्तेक्षणः सुरः ॥ गदामथ समासाद्य भीमां भीमपराक्रमः ॥ चिक्षेप दैत्यमुद्दिश्य

वनस्थलीको भस्म कर देती है, उसी प्रकार अनुह्राद दानव अत्यधिक क्रुद्ध होकर देवसेनाको पीसने लगा ॥ ६२ ॥ बहुतेरे योद्धा रुधिरसे आर्द्रशरीर होकर समरशय्यापर सदाके लिए सो गये। उस समय ऐसा लगा कि रक्तवर्णके पुष्पोंसे शोभित वृक्ष पृथिवीपर लोटे हुए हों ॥ ६३ ॥ महाबली दैत्य अनुह्राद देवताओंपर सर्पसदृश विषैले और अतिशय तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करने लगा ॥ ६४ ॥ इसके उत्तरमें धनाधिप कुबेरजीने भी अनुह्रादपर अपने विकराल बाणोंकी वर्षा की। इससे वह बहुत घायल हो गया और उसके मुखसे क्रोधके कारण आगकी लपटें निकलने लगीं ॥ ६५ ॥ उस समय अनुह्रादने दण्डपाणि यमराजके समान हाथमें धनुष लेकर अपने तीक्ष्ण बाणोंसे यक्षराज कुबेरको विद्ध कर दिया ॥ ६६ ॥ बाणोंके आघातसे कुबेरजीका सारा शरीर लहू-लुहान हो गया। उस समय उनके शरीरसे इस प्रकार रुधिर बहने लगा कि जैसे पर्वतसे गेरूकी धारा बह रही हो ॥ ६७ ॥ क्षणभर बाद होश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आनेपर कुबेरजीने फिर क्रोधसे लाल नेत्र करके अपनी भीषण गदा तानकर अनुह्रादपर प्रहार कर दिया ॥ ६८ ॥ किन्तु उस दैत्यने अपने ऊपर उस गदाके गिरनेसे पहले ही अपनी गदासे उनकी गदाको चूर्ण कर दिया। उसका यह कौशल देखकर सबलोग चकित हो गये ॥ ६९ ॥ तदनन्तर कुबेरजी दूसरी गदा लेकर फिर अनुह्रादपर झपटे। उन्हें आते देखकर अनुह्राद कैलाससदृश एक पर्वतशिखर लेकर मुँह बाये हुए यमराजकी तरह उनकी ओर दौड़ा ॥ ७० ॥ ७१ ॥ उस समय उसे देखकर ऐसा लगता था कि मानो देवताओं और दानवों द्वारा अजेय काल समस्त त्रिलोकीको उदरस्थ कर लेनेके विचारसे दौड़ा आ रहा है ॥ ७२ ॥ धनाध्यक्ष कुबेर उस दैत्य अनुह्रादका ऐसा भयंकर रूप देख मारे डरके भागकर इन्द्रदेवकी शरणमें जा पहुँचे ॥ ७३ ॥ ७४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६० ॥

बलात्क्रोधेन मूर्च्छितः ॥ ६८ ॥ अप्राप्तामन्तरे सोऽथ तां गदां गदयाऽसुरः ॥ बभञ्ज विनदन्क्रुद्धस्तदाऽऽश्चर्यमभूत्तदा ॥६९॥ प्रगृह्य तु गदां भूयो ह्यभिदुद्राव दानवम् ॥ तमापतन्तं दृष्ट्वैव अनुह्रादो महाबलः ॥ ७० ॥ गिरिशृङ्गमिवोत्पाट्य कैलासाचलसन्निभम् ॥ धनाधिपं प्रदुद्राव व्यादितास्य इवान्तकः ॥ ७१ ॥ तमन्तकमिवायान्तमजेयं सकलैः सुरैः ॥ ग्रसन्तमिव तं दैत्यं त्रैलोक्यमखिलं रुषा ॥ ७२ ॥ तमालोक्य तथाभूतं धनाध्यक्षो रणं भयात् ॥ अपहाय ययौ तत्र यत्र शक्रः सुराधिपः ॥ ७३ ॥ तस्य चापि महत्कर्म दृष्ट्वा वित्तपतिस्तदा ॥ जगाम भयसंत्रस्तो यत्र देवः शचीपतिः ॥ ७४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे अनुह्रादकुबेरयुद्धवर्णनं नाम षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ विप्रचित्तिस्तु वरुणं दैत्यानामादिरव्ययम् ॥ जघानेषुगणैः क्रुद्धो दीप्तैरिव महोरगः ॥ १ ॥ स दह्यमानो दैत्येन दीप्तः शरगभस्तिभिः ॥ नाभ्यजानत कर्तव्यं संग्रामे स जलेश्वरः ॥ २ ॥ सर्वलोकेश्वरस्येव परमेष्ठी प्रजापतिः ॥ न शक्नोत्यग्रतः स्थातुं विप्रचित्तेर्जलाधिपः ॥ ३ ॥ वज्रो नाम महाव्यूहो निर्भयः सर्वतोमुखः ॥ तं व्यूह्य प्रत्ययुध्यन्त दानवा देववाहिनीम् ॥ ४ ॥ वह्निज्वालासमं तत्र रविमण्डलसन्निभम् ॥ मुखमाभाति दैत्यस्य विप्रचित्तेर्महात्मनः ॥ ५ ॥ वरुणस्तु महातेजा विप्रचित्तिं महासुरम् ॥ प्रदहन्निव तेजोभिर्जिगीषुः प्रत्यवैक्षत ॥ ६ ॥ स्रग्दाममालाभरणः केयूराङ्गदभूषणः ॥ जग्राह परिघं दैत्यः कैलासशिखरोपमम् ॥ ७ ॥ पिनद्धं काञ्चनैः पट्टैर्हेममालिनमायसम् ॥ यम-

(विप्रचित्ति दैत्यका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर दानवाधिपति विप्रचित्ति क्रुद्ध होकर उग्र महासर्पके समान विकराल बाणवर्षा करके वरुणदेवको बींधने लगा ॥ १ ॥ जलाधिपति वरुणदेव उसके नितान्त प्रदीप्त बाणोंसे झुलसकर क्षणभरके लिए किंकर्तव्यविमूढ़ हो गये ॥ २ ॥ तत्पश्चात् लोकपितामह ब्रह्माजी जिस तरह सर्वलोकेश्वरके सम्मुख खड़े होनेमें असमर्थ हो जाते हैं, उसी प्रकार वरुणदेवका विप्रचित्ति दानवके समक्ष टिकना बहुत कठिन हो गया ॥३॥ उस समय दानवी सेना वज्रव्यूहकी रचना करके और उसीके मध्यमें खड़ी होकर देवसेनाका संहार करने लगी ॥ ४ ॥ महात्मा विप्रचित्तिका मुखमण्डल प्रदीप्त अनलशिखा तथा सूर्यमण्डलके समान प्रतीयमान होने लगा ॥ ५ ॥ उस समय महातेजस्वी वरुण महान् असुर विप्रचित्तिपर विजय प्राप्त करनेके लिए उसकी ओर इस प्रकार निहारने लगे कि जैसे वे अपनी दृष्टिसे ही उसे भस्म कर देंगे ॥ ६ ॥ तब माला तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

केयूरभूषणधारी दैत्येन्द्र विप्रचित्तिने कैलासशिखराकार तथा यमदण्डसदृश भीषण एक परिघ हाथमें लिया। उस परिघमें फूलोंकी माला लटकी थी और सोनेके पत्र मढ़े थे। उस परिघको देखकर दैत्योंका भय भाग गया ॥ ७ ॥ ८ ॥ महान् असुर विप्रचित्ति इन्द्रध्वजसदृश उस परिघको घुमाता हुआ मुँह बाकर जोरोंसे सिंहनाद करने लगा ॥ ९ ॥ गलेमें हार, भुजाओंमें अङ्गद, कानोंमें विचित्र कुण्डल और गलेमें विचित्र सुवर्णमाला धारण किये रहनेके कारण दैत्यवर विप्रचित्ति इन्द्रधनुषसे सुशोभित, विद्युद्विराजित एवं गर्जनकारी मेघसदृश दीख रहा था ॥ १० ॥ ११ ॥ सङ्कर्षण अग्नि जिस तरह ईंधन पाकर प्रज्वलित हो उठती है, उसी तरह वह दानव वायुमें अपना परिघ घुमाता हुआ देदीप्यमान हो रहा था ॥ १२ ॥ घूमते हुए परिघको देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो विद्याधर, गन्धर्व, सिद्ध, ग्रह-नक्षत्रगण, चन्द्रमा, सूर्यलोक और इन्द्रकी अमरावतीपुरी समेत सारा आकाश घूम रहा है ॥ १३ ॥ १४ ॥ उस

दण्डोपमं घोरं दैत्यानां भयनाशनम् ॥ ८ ॥ भ्रामयामास संक्रुद्धो महाशक्रध्वजोपमम् ॥ विननाद विवृत्तास्यो विप्रचित्तिर्महासुरः ॥ ९ ॥ स कण्ठ-स्थेन निष्केण भुजस्थैरपि चांगदैः ॥ कुण्डलाभ्यां विचित्राभ्यां भ्राजते काञ्चनस्त्रजा ॥ १० ॥ दानवो भूषणैर्भाति परिघेणायसेन च ॥ यथेन्द्रधनुषा मेघः सविद्युत्स्तनयित्नुमान् ॥ ११ ॥ प्रस्फुरत्परिघास्त्रेण वातस्कन्धान्महास्वनः ॥ जज्वाल च सधूमार्चिः साङ्कर्षण इवानलः ॥१२॥ विद्याधरगणैः सार्द्धं गन्धर्वनगरैरपि ॥ सह चैवामरावत्या सिद्धलोकैस्तथा सह ॥ १३ ॥ ग्रहनक्षत्ररचितं सार्कचन्द्रविभूषितम् ॥ दैत्येन्द्रपरिघोद्धूतं भ्रमतीव नभस्त-लम् ॥१४॥ दुरासहः सुसंजज्ञे परिघाभरणक्षमः ॥ सुरेन्धनोऽसुरेन्द्राग्निर्युगान्ताग्निरिवोत्थितः ॥१५॥ त्रिदशा वरुणश्चैव न शेकुः स्पन्दितुं भयात् ॥ तत्रासीन्निर्भयस्त्वेकः कौशिको वासवः प्रभुः ॥ भास्करप्रतिमं घोरं परिघं रौद्रदर्शनम् ॥ १६ ॥ पातयामास सेनायां जलेशस्य स दानवः ॥ पतता तेन संग्रामे जलेशस्य महात्मनः ॥ १७ ॥ भूतानां शतसाहस्त्रं परिघेण समाहतम् ॥ तेषां गात्राणि चासाद्य व्यशीर्यन्त सहस्रशः ॥ १८ ॥ विशी-र्यमाणं विबभावुल्काशतमिवाम्बरे ॥ भूयश्चैनं तदाऽऽभ्राम्य वरुणाय न्यपातयत् ॥ १९ ॥ पात्यमाने तदा तस्मिञ्छरीरे वारुणे तदा ॥ स भिन्नः परिघो घोरो देवगात्रे व्यशीर्यत ॥ २० ॥ शीर्यमाणस्य चूर्णानि खद्योता इव चाम्बरे ॥ स तु तेन प्रहारेण न चचाल जलाधिपः ॥ २१ ॥

परिघको धारण करके वह दैत्य बहुत भयङ्कर हो उठा। वह असुरेन्द्ररूपी अनल देवतारूपी इन्धनका संयोग पाकर प्रलयाग्निके समान असह्य हो गया ॥ १५ ॥ वरुणदेव तथा अन्यान्य देवता सभी लोग भयसे स्पन्दनहीन हो गये। उस समय एकमात्र कौशिक इन्द्र ही निर्भय थे। उसी अवसरपर उस दानवने वह भास्करप्रतिम तथा घोरदर्शन परिघ जलाधिपति वरुणकी सेनापर चला दिया। उस परिघके केवल एक आघातसे एक लाख देवसैनिक धराशायी हो गये। किन्तु देवसैनिकोंके शरीरका स्पर्श पाकर वह परिघ भी हजारों टुकड़ोंमें विभक्त हो गया। अतएव ऐसा ज्ञात होता था कि मानो आकाश सहसा एक साथ हजारों उल्काओंसे सुशोभित हो उठा हो। उसी समय विप्रचित्ति दानवने एक और परिघ घुमाकर वरुणदेवपर प्रहार किया ॥ १६–१९ ॥ किन्तु उनके शरीरका स्पर्श होते ही वह परिघ स्वतः चूर्ण हो गया ॥ २० ॥ उस परिघकी चिनकारियाँ आकाशमें जाकर जुगुनुओंके समान चमकने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लगीं। उस प्रहारसे जलाधिपति वरुण पृथिवीपर स्थित पर्वतके समान तनिक भी विचलित नहीं हुए ॥ २१ ॥ प्रत्युत अपने सैनिकोंको अतिशय व्यथित देखकर वे बहुत अधिक क्षुब्ध और क्रुद्ध हो उठे ॥ २२ ॥ २३ ॥ क्रोधवश उन्होंने अपनी सारी सेना समेट ली और जलमय रूप धारण कर लिया। उस समय चारों समुद्र एवं भीषणकाय सर्प, कच्छप और मीनगणोंने उन्हें घेर लिया ॥२४॥ शुभ्र वस्त्र, शंख, मोती तथा विचित्र मणियोंसे अलंकृत वरुणदेव बहुत सुन्दर लग रहे थे ॥२५॥ पाशधारी वरुण अपनी सेनाको अपने समक्ष उपस्थित देखकर प्रसन्नतापूर्वक सैनिकोंको सम्बोधित करके बोले—हे सैनिकों ! तुमलोग निर्भय और निश्चिन्तरूपसे युद्ध करके इन दानवोंको नष्ट करो। मैं अभी इस दुष्ट दैत्य विप्रचित्तिको समाप्त किये दे रहा हूँ ॥ २६ ॥ २७ ॥ तदनन्तर समुद्रनिवासी सर्पगण विजयप्राप्तिकी अभिलाषावश समरभूमिमें उतरे और भीषण सिंहगर्जन करते हुए संग्राममें दैत्योंपर कठोर प्रहार करने लगे

परिघेण हतः संख्ये यथा वज्रहतोऽचलः ॥ स्वसैन्येष्वपि भग्नेषु भिन्नदेहेषु चाहवे ॥ २२ ॥ मुहूर्त्तमभवत्क्षोभ्यमपाम्पतिरमर्षणः ॥ सोऽमर्षं च समापन्नो वरुणोऽमितविक्रमः ॥ २३ ॥ सर्वसंहारमकरोत्स्वपक्षस्यारिमर्दनः ॥ स सागरैश्चतुर्भिश्च वृतो दीप्तैश्च पन्नगैः ॥ २४ ॥ शंखमुक्तामणिचितो बिभ्रत्तोयमयं वपुः ॥ पाण्डुरोद्धूतवसनो नानारत्नविभूषितः ॥२५॥ वरुणः पाशधृक्छ्रीमान्कूर्ममीनसमाकुलः ॥ वरुणस्तु तदा क्रुद्धस्तान्निरीक्ष्य स्वसैनिकान् ॥ २६ ॥ उवाच दृष्ट्वा युध्यध्वं दानवानां जिघांसया ॥ अहमेनं हनिष्यामि भयं मुक्त्वा तु युध्यत ॥ २७ ॥ ततस्ते पन्नगाः सर्वे महार्णवजलाश्रयाः ॥ जघ्नुर्दैत्यान्रणमुखे नदन्तो जयगृद्धिनः ॥ २८ ॥ ते तु नालीकनाराचैर्गदाभिर्मुसलैस्तथा ॥ अभ्यघ्नन्दानवान्हृष्टा मुदिता वरुणानुगाः ॥ २९ ॥ विप्रचित्तिस्तु संक्रुद्धो महाबलपराक्रमः ॥ पन्नगानां शरीराणि व्यधमद्युद्धदुर्मदः ॥ ३० ॥ गारुडेनापि चास्त्रेण पन्नगान्दानवोत्तमः ॥ समरे घातयामास गरुडः पन्नगाशनैः ॥ ३१ ॥ स शरैः सूर्यसंकाशैः शातकुम्भविभूषितैः ॥ पन्नगान्समरे वीरः प्रममाथ सुदुर्ज्जयान् ॥ ३२ ॥ समरे भिन्नगात्रास्ते पन्नगाः शरपीडिताः ॥ पेतुर्मथितसर्वाङ्गा गजा इव महागजैः ॥ ३३ ॥ तपन्तं तमिवादित्यं दीप्तैर्बाणगभस्तिभिः ॥ अभ्यधावत संक्रुद्धः समरे वरुणः प्रभुः ॥ ३४ ॥ ततस्तु दानवास्तत्र भिन्नदेहाः सहस्रशः ॥ व्यथिता विद्रवन्ति स्म दिशो दश विचेतसः ॥ ३५ ॥ इन्द्रस्यार्थे पराक्रम्य वरुणस्त्यक्तजीवितः ॥ विनर्दमानो युयुधे समरे पाशभृद्वरः ॥ ३६ ॥ वरुणः पन्नगाश्चैव मुष्टिभिः समरोत्कटाः ॥

॥ २८ ॥ चारों ओरसे दैत्योंपर नालीक, नाराच, गदा, मुशल प्रभृति शस्त्रोंकी वर्षा होने लगी ॥२९॥ महाबली तथा परम पराक्रमी विप्रचित्ति दानव अपनी सेनापर प्रहार होते देख बहुत कुपित हुआ और उसने सुवर्णविभूषित एवं सूर्यसदृश तेजस्वी गारुडास्त्रकी अवतारणा की। उस गारुडास्त्रके प्रहारसे वे महासर्प विकलाङ्ग हो-होकर धराशायी होने लगे ॥३०—३२॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो महागज महागजों द्वारा मार खाकर पृथिवीपर गिर रहे हैं ॥ ३३ ॥ विप्रचित्ति सूर्यके समान तेजस्वी अपने बाणोंसे देवसेनाको जब बहुत सन्ताप देने लगा, तब वरुदेवको असह्य हो उठा और वे वेगसे दौड़े ॥ ३४ ॥ उनके प्रहारसे भग्नशरीर दानवगण नितान्त उद्विग्न होकर पलायन करने लगे ॥ ३५ ॥ उस समय देवराज इन्द्रकी सम्मानरक्षा और सिंहनाद करते हुए जलाधिपति वरुणने प्राणपणसे युद्ध आरम्भ कर दिया ॥ ३६ ॥ स्वयं वरुणदेव और उनकी बलवती सेना दैत्यवर विप्रचित्तिके चारों ओर जुटकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विकट युद्ध करने लगी ॥ ३७ ॥ उनमेंसे किसीके हाथमें विशाल शिलाखण्ड था। कोई केवल मुक्का ताने हुए था। वे सब उस समय पूर्ण तत्परतापूर्वक विप्रचित्तिके साथ लड़ रहे थे ॥ ३८ ॥ इधर महान् दैत्य विप्रचित्तिने भी विशाल शिलाखण्डों तथा अन्यान्य शस्त्रास्त्रोंसे उस प्रबल वरुणसेनापर प्रहार करते हुए अपने अग्नितुल्य बाणोंसे वरुणदेवके वेगवान् घोड़ोंको मार डाला ॥ ३९ ॥ घृतकी आहुति पाकर अग्नि जिस प्रकार भभक उठती है, उसी प्रकार वरुणके अश्वोंका विनाश कर डालनेके बाद विप्रचित्तिका तेज और भी बढ़ गया ॥ ४० ॥ तदनुसार वह महाबली दैत्य अपने सूर्यसदृश तेजस्वी तथा द्रुतगामी बाणोंसे वारुणी सेनाका मदमर्दन करने लगा ॥ ४१ ॥ उसके ऐसा करनेसे धीरे-धीरे वरुणसेनाके सैनिकोंके शस्त्रास्त्र क्षीण होने लग गये। शक्ति, ऋष्टि और शूलास्त्र द्वारा बहुतेरे वरुणसैनिकोंके कलेवर विदीर्ण हो गये और उनसे रुधिरकी धारा बहने लगी ॥ ४२ ॥ उसने अपने अग्निसदृश तेजस्वी

अभ्यवर्तन्त समरे विप्रचित्तिं महासुरम् ॥ ३७ ॥ ततोऽस्त्रैश्च शिलाभिश्च प्राहरत्स बलोत्कटः ॥ व्यपोहत महातेजा विप्रचित्तिर्महासुरः ॥ ३८ ॥ ततः पावकसंकाशैः स मुक्तः शीघ्रगामिभिः ॥ वरुणस्य महावेगान्बिभेद समरे हयान् ॥ ३९ ॥ कर्मणा तेन महता विप्रचित्तेर्महात्मनः ॥ अग्ने-राज्याहुतस्येव तेजः समभिवर्धत ॥ ४० ॥ स शरैः सूर्यसंकाशैः सुमुक्तैः शीघ्रगामिभिः ॥ वारुणीं तां महासेनां निर्ममन्थ महाबलः ॥ ४१ ॥ क्षीणास्त्रां सायकाक्रान्तां शरजालेन मोहिताम् ॥ शूलशक्त्यृष्टिभिन्नां च चकार रुधिरोक्षिताम् ॥ ४२ ॥ स शरैर्वह्निसंकाशैः सुमुक्तैर्नतपर्वभिः ॥ वरुणस्य महावेगान्बिभेद समरे हयान् ॥ ४३ ॥ अभिद्रुतोऽथ दैत्येन ससैन्यः सलिलाधिपः ॥ महेन्द्रं शरणं प्राप्तो विप्रचित्तेर्भयार्दितः ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामने विप्रचित्तियुद्धं नामैकषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पराजयं तु देवानां दृष्ट्वाऽग्निर्देवसत्तमः ॥ चकार बुद्धिं दैत्यानां वधे ब्रह्मर्षिभिः स्तुतः ॥ १ ॥ स्वयंप्रभायाः शाण्डिल्या यः पुत्रो हव्यवाहनः ॥ हिरण्यरेताः पिङ्गाक्षो देवहूतो हुताशनः ॥ २ ॥ रोहितो लोहितग्रीवो हर्ता दाता हविः कविः ॥ पावको विश्वभुग्देवः सर्वदेवाननः प्रभुः ॥ ३ ॥ सुब्रह्मात्मा सुवर्चस्कः सहस्रार्चिर्विभावसुः ॥ कृष्णवर्त्मा चित्रभानुर्देवानामपि देवराट् ॥ ४ ॥ लोकसाक्षी द्विजहुतः सद-

तथा नतपर्व बाणोंसे वरुणदेवके अतिशय वेगवान् घोड़ोंको मार डाला ॥ ४३ ॥ सेनासमेत जलाधिपति वरुण इस प्रकार विप्रचित्ति दानव द्वारा सताये जानेपर उसके डरसे भागकर देवराज इन्द्रकी शरणमें जा पहुँचे ॥ ४४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामेकषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६१ ॥

(अग्निस्तुति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवताओंकी पराजय देखकर और ब्रह्मर्षियोंके प्रार्थना करनेपर देवसत्तम अग्निदेवने दैत्योंके वधका सङ्कल्प किया ॥ १ ॥ अग्निदेव हिरण्यरेता हैं। वे स्वयम्प्रभा शाण्डिल्याके पुत्र हैं और अन्यान्य लोगों द्वारा प्रदत्त हविका वहन करते हैं। उनके नेत्र पिंगलवर्ण हैं ॥ २ ॥ उनका वर्ण और उनकी ग्रीवा लोहित वर्ण रहती है। वे हर्ता, दाता, हवि, कवि, पावक और विश्वभुग्देवके नामसे विख्यात हैं। वे सब देवताओंके मुख और सबके प्रभु हैं ॥ ३ ॥ वे वेदात्मा, सुवर्चस्क, सहस्रार्चि,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विभावसु, कृष्णवर्त्मा, चित्रभानु और देवाग्रणी हैं ॥४॥ वे लोकसाक्षी, द्विजहुत, अर्चिष्मान्, वषट्कृत, हव्यभक्ष, शमीगर्भ, स्वयोनि और सर्वकर्मकृत् नामसे विख्यात हैं ॥ ५ ॥ वे सब प्राणियोंको पवित्र करनेवाले, सब देवताओंके तपोनिधि, सब पापोंको दूर करनेवाले और घृतप्राशी कहलाते हैं ॥ ६ ॥ उनकी शिखा दक्षिणावर्तसे भ्रमण करती है। वे शुचिरोमा, मरणकृत्, हव्यभुक्, भव्य, ईश, यज्ञभागहर और हरि नामसे विख्यात हैं ॥ ७ ॥ वे सोमपा, महातेजा, भूतेश, महातपा, अधृष्य, पावक, भूति, भूतात्मा और स्वधाधिप भी कहे जाते हैं ॥८॥ वे सब जीवोंके आत्मा हैं। सामवेद उनके गुण गाता है। स्वाहा उनकी पत्नी है। वे सोमपूताशन, अद्रिधृक्, देवदेव, महाक्रोधी, रुद्रात्मा और ब्रह्मसम्भव कहलाते हैं ॥ ९ ॥ वे वायुरूपी पहिये तथा लाल रङ्गके घोड़ों जुते रथपर सवारी करते हैं। वे धूमकेतु, धूमशिख, नीलवासा और सुरोत्तम कहलाते हैं ॥ १० ॥ सो वे अग्निदेव अपने रथपर आरूढ़ होकर रणभूमिमें जा पहुँचे और अपने आग्नेयास्त्रसे हजार-हजार, दस-दस हजार और अर्बुद-अर्बुदसंख्यक दानवोंको भस्म करने लगे। जो प्रभु पाँच रूपोंमें विभक्त होकर प्राणियोंके शरीरमें स्थित रहते

चिष्मान्वषट्कृतः ॥ हव्यभक्षः शमीगर्भः स्वयोनिः सर्वकर्मकृत् ॥ ५ ॥ पावनः सर्वभूतानां त्रिदशानां तपोनिधिः ॥ शमनः सर्वपापानां लेलिहानस्तपोमयः ॥ ६ ॥ प्रदक्षिणावर्तशिखः शुचिरोमा मखाकृतिः ॥ हव्यभुग्भूतभव्येशो यज्ञभागहरो हरिः ॥७॥ सोमपः सुमहातेजा भूतेशः सुमहातपाः ॥ अधृष्यः पावको भूतिर्भूतात्मा वै स्वधाधिपः ॥ ८ ॥ स्वाहापतिः सामगीतः सोमपूताशनोऽद्रिधृक् ॥ देवदेवो महाक्रोधो रुद्रात्मा ब्रह्मसम्भवः ॥ ९ ॥ लोहिताश्वं वायुचक्रं रथमास्थाय भूतधृक् ॥ धूमकेतुर्धूमशिखो नीलवासाः सुरोत्तमः ॥ १० ॥ उद्यम्य दिव्यमाग्नेयं शस्त्रं देवो रणे महान् ॥ दानवानां सहस्राणि प्रयुतान्यर्बुदानि च ॥ ११ ॥ ददाह भगवान्वह्निः संक्रुद्धः प्रलये यथा ॥ प्राणो यः सर्वभूतानां देहे तिष्ठति पञ्चधा ॥ १२ ॥ यन्ता यश्च हुताशश्च सखा च प्रभुरीश्वरः ॥ प्रभञ्जनो यो लोकानां युगान्ते सर्वनाशनः ॥ १३ ॥ सप्तस्वरगता यस्य योनिर्गीर्भिरुदीर्यते ॥ यो ह्याकाशमयो देवो दूरगः सर्वसंभवः ॥ १४ ॥ यश्च कर्ता विकर्ता च गतिर्गतिमतां प्रभुः ॥ वेदकर्ता समो लोके ब्रह्मणा यः सनातनः ॥ १५ ॥ अमूर्तिमन्तं यं प्राहुर्महाभूतं महत्तरम् ॥ सोऽग्निं समीरयामास शमीगर्भं समीरणः ॥ १६ ॥ त्रिदिवारोहिभिर्ज्वालैर्जृम्भमाणो दिशो दश ॥ दानवानामभावाय युगान्ताग्निरिवोत्थितः ॥ १७ ॥ मेदोमज्जामहापङ्कां केशशैवलशालिनीम् ॥ योधशीर्षोपलवतीं मृतद्विप-

हुए उनका सञ्चालन करते हैं ॥११॥१२॥ जो सब प्राणियोंके नियामक, हुताशन, सबके सखा, प्रभु तथा ईश्वर हैं। जो प्रलयकालमें जीवमात्रको समाप्त कर देते हैं ॥१३॥ जो आकाशमें उत्पन्न होकर सप्तस्वर नामसे विख्यात हैं। जो आकाशमय देव हैं, जो बहुत दूर तक जाते हैं और सर्वसम्भव हैं ॥ १४ ॥ जो कर्ता, विकर्ता, गतिमान्, प्राणियोंकी गति तथा वेदकर्ता हैं और ब्रह्माके समान सनातन पुरुष कहलाते हैं ॥ १५ ॥ जिनका कोई रूप नहीं है, फिर भी जो समस्त प्राणियांमें प्रधानतम महाभूत माने जाते हैं। अग्निसखा वायुदेव स्वयं सारथी बनकर शमीगर्भ अग्निदेवका रथ हाँकने लगे ॥ १६ ॥ तब अग्निदेवकी शिखा स्वर्गतक फैल गयी, जिससे सब दिशायें आलोकित हो उठीं। उस समय ऐसा लगा कि मानो प्रलयाग्नि दानवोंको भस्म करनेके लिए उद्यत हो गयी है ॥ १७ ॥ धीरे-धीरे युद्धका रूप उग्र हो उठा और रुधिरकी नदी प्रवाहित होने लगी।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उस नदीमें मेद और मज्जा कीचड़, केशकलाप सेवार तथा घास, वीरोंके मरतक प्रस्तरखण्ड और मरे हुए हाथियोंके विशाल शरीर उस नदीके उत्कट तट सरीखे दीख रहे थे ॥ १८ ॥ दानवोंके लिए भयानक अग्निदेव दानवोंको मार-मारकर उसी रुधिरकी नदीमें बहाने लगे ॥ १९ ॥ प्रह्लाद प्रभृति बड़े-बड़े दानव अत्यधिक भयभीत होकर पराजयका अनुभव करने लगे । क्योंकि अग्निदेव भीषणरूपसे दानवोंका संहार करते हुए गर्जन कर रहे थे ॥२०॥ साधारणतया प्रायः सभी दैत्य भीषण आर्तनाद करने लगे । अग्निदेवकी लपटोंसे घिरकर दैत्योंमेंसे किसीका मुकुट, किसीका केशपाश, किसीका शरीर, किसीकी भुजा, किसीका मुख, किसीका ऊरुप्रदेश, किसीका छत्र-ध्वज और रथ जलकर भस्म हो गया ॥ २१ ॥ २२ ॥ ऐसी दशामें वे दानव अग्निदेवसे पराजित हो अपने शस्त्रास्त्र और ध्वजसमेत रथ त्यागकर पलायन करने लगे ॥ २३ ॥ उनके अस्त्र-शस्त्र कहाँ चले गये, इस बातका उन्हें कुछ भी ज्ञान नहीं रहा । उनके रथकी ध्वजायें उड़ गयीं । उन्हें दसों दिशायें, खड्ग तथा मेघतक अग्निकी लपटोंमें जलते दिखायी दे रहे थे ॥ २४ ॥

तटोत्कटाम् ॥ १८ ॥ शोणितोदां रणे दृष्ट्वा संग्रामसरितं विभुः ॥ वह्निः प्रस्कन्दयामास दैत्यानां भयवर्द्धनः ॥ १९ ॥ ततोऽग्निर्दितिजान्सर्वान्प्र-ह्लादप्रमुखांस्तथा ॥ पराजयानः स विभुः क्रोशमानो महामृधे ॥ २० ॥ केचित्प्रदीप्तैर्मुकुटैः केचिद्दीप्तैः शिरोरुहैः ॥ केचित्प्रदीप्तवसनैः केचिद्दीप्तै-र्भुजाननैः ॥२१॥ केचित्प्रदीप्तैरुरुभिः केचिच्छत्रैर्ध्वजै रथैः ॥ असुरास्तत्र दृश्यन्ते प्रदीप्तेनाग्निना वृताः ॥२२॥ त्यक्त्वायुधानि सर्वाणि सध्वजांश्च रथोत्तमान् ॥ प्रयान्ति समरे भीताः पावकेन पराजिताः ॥ २३ ॥ न च पश्यन्ति ते वह्निं प्रदीप्तध्वजिनीमुखे ॥ दिशः खड्गांश्च मेघांश्च दीप्तान्पश्य-न्ति दानवाः ॥ २४ ॥ ध्रुवः स्वयंभुवा सृष्टो युगान्तस्तोययोनिना ॥ इत्येवं दानवाः सर्वे मेनिरे त्रस्तचेतसः ॥२५॥ मयश्च शम्बरश्चैव महामाया-धरौ तदा ॥ पार्जन्यवारुणी माये सृजतां वारिविक्षरे ॥ २६ ॥ ताभ्यां वह्निः स मायाभ्यां सिच्यमानः समन्ततः ॥ तोयौघैः पर्वतनिभैर्मृद्वर्चिरभव-द्रणे ॥ २७ ॥ शम्यमाने तु समरे पावके दैत्यनाशिनि ॥ बृहत्कीर्तिर्बृहत्तेजा वह्निमाह बृहस्पतिः ॥ २८ ॥ गुरुरुवाच ॥ हिरण्यरेतः सुमुख ज्वलना-क्षय सर्वभुक् ॥ सप्तजिह्वाननक्षाम लेलिहानि महाबल ॥ २९ ॥ आत्मा वायुस्तव विभो शरीरं सर्ववीरुधः ॥ योनिरापश्च ते प्रोक्ता योनिस्त्वमसि चाम्भसः ॥३०॥ ऊर्ध्वं चाधश्च गच्छन्ति संचरन्ति च पार्श्वतः ॥ अर्चिषस्ते महाभाग सर्वतः प्रभवन्ति च ॥३१॥ त्वमेवाग्ने सर्वमसि त्वयि सर्व-

उन्हें ऐसा लग रहा था कि कमलयोनि ब्रह्माने प्रलयकाल उपस्थित कर दिया है । उन भयभीत दानवोंके हृदयमें यह धारणा प्रबल हो उठी ॥ ५ ॥ उसी समय महामायावी शम्बर तथा मयनामके दानवोंने जल बरसानेके लिए मेघ और वारुणी मायाकी सृष्टि की ॥ २६ ॥ उस मायाके प्रभावसे चारों ओर पर्वत जैसी मोटी जलधारायें बरसने लगीं । अतएव धीरे-धीरे अग्निका तेज मन्द पड़ने लगा ॥ २७ ॥ उस समय विपुलकीर्तिमान् देवगुरु बृहस्पति प्रशमनोन्मुख तथा दानवविनाशन अग्निदेवको सम्बोधित करके बोले—॥ २८ ॥ हे हिरण्यरेता अग्निदेव ! आपकी शिखायें बड़ी सुन्दर हैं । आप ज्वलन, अक्षय, सर्वमुख, सप्तजिह्व, अनल, क्षाम, लेलिहान और महाबली हैं ॥ २९ ॥ वायु आपकी आत्मा है और शमी वृक्ष आपके शरीर हैं । जिस प्रकार जल आपकी उत्पत्तिका स्थान है, उसी प्रकार आप भी जलके उत्पत्तिस्थान हैं ॥ ३० ॥ आपकी शिखा ऊपर, नीचे और अगल-बगल सभी दिशाओंमें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

फैलती है। आपकी लपटें सर्वत्र पहुँच जाती हैं ॥ ३१ ॥ हे महाभाग! आप सर्वस्वरूप हैं। क्योंकि आप ही सब जीवोंको धारण करके उनका पालन करते हैं। यह समस्त संसार आपके द्वारा ही प्रतिष्ठित हुआ है ॥ ३२ ॥ हे अग्ने! एकमात्र आप ही हव्यवाट् और आप ही हवि हैं। साधुजन यज्ञोंमें आपको ही आहुति प्रदान करते हैं ॥ ३३ ॥ हे प्रभो! प्राणियों-का अन्नपान केवल नाममात्र रहता है। वस्तुतः आप ही सब कुछ भोजन करते हैं। आज आपके प्रतापसे ही हमें विजय प्राप्त हुई है। आपकी कृपासे हो समस्त विश्वकी प्रतिष्ठा हुई है ॥ ३४ ॥ हे देव! आपही तीनो लोकोंकी सृष्टि करते हैं और समय आनेपर आप ही उनका संहार कर देते हैं। सूर्यमण्डलको आपसे ही ताप प्राप्त होता है और आप ही सूर्यरूपमें परिणत होकर समस्त संसारको ताप प्रदान करते हैं ॥३५॥ आप वृषाकपि तथा सिन्धुपति हैं। विश्वेश्वरों तथा बड़े-बड़े यज्ञोंकी हवि सर्वप्रथम आप ही ग्रहण करते हैं। इस समस्त विश्वकी प्रसूति तथा समस्त प्रजाजनोंके प्रतिष्ठापक एकमात्र आप ही हैं ॥ ३६ ॥ आप ही अपने रश्मिमण्डलसे जलकी सृष्टि करते हैं। आप ही औषधि तथा औषधियोंके रस हैं। प्रलयकाल

मिदं जगत् ॥ त्वं धारयसि भूतानि भुवनं त्वं बिभर्षि च ॥ ३२ ॥ त्वमग्ने हव्यवाडेकस्त्वमेव परमं हविः ॥ यजन्ति च सदा सन्तस्त्वामेव परमा-
ध्वरे ॥ ३३ ॥ त्वमन्नं प्राणिनां भुङ्क्षे जग्धपीताऽसि त्वं प्रभो ॥ त्वयि प्रवृत्तो विजयस्त्वयि लोकाः प्रतिष्ठिताः ॥ ३४ ॥ सर्वांल्लोकांस्त्रीनिमान्हव्य-
वाह प्राप्ते काले त्वं पचस्येव दीप्तः ॥ त्वमेवैकस्तपसे जातवेदो नान्यस्त्वत्तो विद्यते गोषु देव ॥३५॥ वृषाकपिः सिन्धुपतिस्त्वमग्ने महामखेष्वग्र्यह-
रस्त्वमेव ॥ विश्वस्य भूम्नस्त्वमसि प्रसूतिस्त्वं च प्रतिष्ठा भगवन्प्रजानाम् ॥ ३६ ॥ सृजस्यपो रश्मिभिर्जातवेदस्तथौषधीरोषधीनां रसांश्च ॥ विश्वं
त्वमादाय युगान्तकाले स्रष्टा भवस्यानल सर्गकाले ॥३७॥ त्वमग्ने सर्वभूतानां योनिर्वेदेषु गीयसे ॥ त्वया देवहितार्थाय निहता दानवा रणे ॥३८॥
स्वयोनिस्ते महातेजस्तोयं मखशतार्चितम् ॥ तां स्वयोनिं समासाद्य किं विषीदसि पावक ॥३९॥ त्रायस्व समरे देवान्दैत्येभ्यः सुरसत्तम ॥ पिंगाक्ष
लोहितग्रीव कृष्णवर्त्मन्हुताशन ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनेऽग्निस्तवो नाम द्विषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६२ ॥
वैशम्पायन उवाच ॥ बृहस्पतेस्तु वचनं श्रुत्वा सत्यं समीरितम् ॥ भूयः प्रजज्वाल रणे हविषेव महामखे ॥१॥ हतास्तु माया दैत्यानां प्रदी-

उपस्थित होनेपर आप ही समस्त विश्वका संहार करते और सृष्टिके समय आप ही इस जगत्की सृष्टि भी करते हैं ॥ ३७ ॥ वेदोंने आपको ही सब वस्तुओंकी उत्पत्तिका मूल कारण बताया है। देवताओंका कल्याण करनेके लिए आज आपने रणभूमिमें दैत्योंका संहार किया है ॥ ३८ ॥ सैकड़ों यज्ञोंमें जिस जलकी पूजा की जाती है, वह जल आपसे ही उत्पन्न होता है। अतएव अपनेसे ही उत्पन्न होनेवाले जलसे आप घबड़ाते क्यों हैं? ॥ ३९ ॥ हे सुरसत्तम! हे पिंगाक्ष! हे लोहितग्रीव! हे कृष्णवर्त्मन्! हे हुताशन! आज आप इस रणभूमिमें दैत्योंसे देवताओंकी रक्षा करिए ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकायां द्विषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६२ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! अग्निदेव बृहस्पतिके सत्य वचन सुनकर उसी प्रकार भभक उठे, जैसे यज्ञकी आहुति पाकर भभकते हैं ॥ १ ॥ उन प्रज्वलित अग्निदेवके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तेजोबलसे दैत्योंका सारा मायाजाल भस्म हो गया। अग्निदेव द्वारा इस प्रकार दैत्योंके परास्त हो जानेपर प्रह्लादने दैत्यपति बलिसे कहा—॥२॥३॥ राजन्! भगवान् ब्रह्माने आपको जो वरदान दिया था, उसके अनुसार आप ही अग्नि, वायु, सूर्य, जल, चन्द्रमा, नक्षत्र, दिशायें, आकाश, पृथिवी, भूत, भविष्य और वर्तमानस्वरूप हैं ॥४॥५॥ उनकी कृपासे आपको सदाके लिए इन्द्रत्व, अमरत्व, रणभूमिमें अपराजय, शासनकर्तृत्व, अपरिमित बल, सभी लोकोंपर प्रभुता और महायोगीश्वरत्व प्राप्त हुआ है ॥ ६ ॥ ७ ॥ इनके अतिरिक्त अणिमा-लघिमा आदि अन्यान्य सात्त्विक गुण भी आपको प्राप्त हैं। ब्रह्माजीने जो कहा है, वह कभी नहीं टल सकता। अतएव आप अनुयायियों समेत इन्द्रादि देवताओंको पराजित करिए। महात्मा प्रह्लादके वचन सुनकर राजा बलि बहुत प्रसन्न होकर और परम आनन्दित मनसे इन्द्रके रथकी ओर अग्रसर हुए ॥ ८ ॥ ९ ॥ उस समय श्रेष्ठतम विप्र एवं मांगलिक पशुगण गमनोन्मुख

सेनाग्निना रणे ॥ हतमाया हतबला बलिं ते समुपस्थिताः ॥२॥ पराजितेषु दैत्येषु वह्निनाऽद्भुतकर्मणा ॥ प्रह्लादस्तूत्तरं वाक्यमाह दैत्यपतिं बलिम्
॥३॥ भवानग्निश्च वायुश्च भास्करः सलिलं शशी ॥ नक्षत्राणि दिशो व्योम भूश्च दानवसत्तम ॥४॥ भविष्यं चैव भूतं च भवच्चासुरसत्तम ॥ दत्तं चैत-
द्भगवता वरदेन स्वयंभुवा ॥५॥ इन्द्रत्वं चामरत्वं च युद्धे चाप्यपराजयः ॥ ईशित्वं च वशित्वं च बलं च चैवामितं शुभम् ॥६॥ सर्वभूतेश्वरत्वं च दैत्य-
राज सदा तव ॥ महायोगीश्वरत्वं च शूरत्वं च महामृधे ॥७॥ अणिमा लघिमा चैव ये चान्ये सात्त्विका गुणाः ॥ तत्पराजित्य दैत्येन्द्र देवान्सर्वांश्च
सानुगान् ॥८॥ यथोक्तं ब्रह्मणा राजंस्तत्तथा न तदन्यथा ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रह्लादस्य महात्मनः ॥ बलिः परमसंहृष्टः प्रायाच्छक्ररथं प्रति ॥९॥
ततः प्रयान्तं त्रिदशेन्द्रसन्निधौ महासुरेन्द्रं बलिमुत्तमश्रियम् ॥ तमञ्जसा जग्मुरभिप्रदक्षिणं द्विजाश्च पुण्याः पशवश्च सत्तमाः ॥१०॥ महाजटाभार-
धरास्तपस्विनस्तदा तमाहुर्विधिमन्त्रमङ्गलैः ॥ अभिष्टुवन्तः कवयः स्वलंकृतं बलिं प्रयान्तं रणमूर्धनि स्थिताः ॥११॥ प्रतप्तजाम्बूनदचित्रभूषणैर्दि-
व्यैश्च रत्नैर्विविधैरलंकृताः ॥ विराजमानः परमेण वर्चसा रणे विभात्यग्निशिखेव दानवः ॥१२॥ स वै तदा शत्रुबलार्दितं बलं बलिर्ददर्शोत्तमसत्त्व-
वीर्यवान् ॥ जलागमे श्रीमदिवाभ्रमण्डलं विशीर्यमाणं नभसीव वायुना ॥१३॥ ततो ददर्शाथ बलानि सर्वतो रणे प्रगुप्तानि हुताशनेन वै ॥ समुच्छ्रि-
तान्युग्रतराणि तत्र वै समुद्रवेगानिव पर्वसन्धिषु ॥ १४ ॥ सशूलशक्त्यृष्टिगदासिसायकान्क्षिपत्त्रिपूर्णां समरे महात्मनाम् ॥ ननाद सिंहर्षभमत्तनाग-

असुरेन्द्र बलिकी प्रदक्षिणा करने लगे ॥ १० ॥ विशाल जटाभारधारी तपस्वी कविगण उसकी रणयात्राके समय यथाविधि, यथामंत्र तथा मंगलमय स्तोत्रोंसे स्तुति करने लगे। दानवेश्वर बलि उस समय उत्तम स्वर्णभूषण और विविध भाँतिके उत्कृष्ट रत्नोंसे विभूषित होनेके कारण अधिकाधिक तेजस्वी होकर अग्निके समान शोभित हो रहे थे ॥ ११ ॥ १२ ॥ तदनन्तर कुछ आगे बढ़कर उन्होंने देखा कि जैसे वर्षाकालीन आकाशमण्डलसे वायुप्रेरित मेघ छिन्न-भिन्न हो जाते हैं, उसी प्रकार उसकी सेना अग्निदेवसे पीडित होकर समरभूमिमें अब भी विक्षिप्तसी होकर निश्चेष्ट खड़ी है। उसके बाद दैत्यराज बलिने देखा कि जैसे पर्वकालीन समुद्रका वेग प्रबल वेगसे उमड़ता है, उसी प्रकार शत्रुकी सेना अग्निदेवके द्वारा सुरक्षित होकर बड़े वेगसे बढ़ी आ रही है ॥ १३ ॥ १४ ॥ युद्धभूमिकी यह दशा देखकर दैत्यराज बलिने बलवान् केसरी, मत्त गजराज एवं वर्षाकालीन मेघके समान घोर गर्जन किया और शर, शक्ति,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऋष्टि, शूल, गदा और असि आदि शस्त्रोंसे प्रहार करता हुआ वह शत्रुसेनाका संहार करने लगा ॥ १५ ॥ दैत्यराज बलिके सभी शस्त्रास्त्र धूमायमान, बाहुबल पवनायमान एवं पौरुष काष्ठायमान हो गया। उसे देखकर ऐसा लगने लगा कि मानो प्रलयाग्नि समस्त प्रजाको भस्मसात् कर देनेके लिए उद्यत हो गयी हो ॥ १६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६३ ॥

(देवासुरसंग्राम) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस समय इन्द्रके सिवाय शेष सभी देवता बलवान् बलिके सौ-सौ बाणोंसे विद्ध होकर पराजित हो गये। वे अपनी सेना समेत समरभूमिसे लौट पड़े। वहाँसे वे देवराज महाबली इन्द्रके पास जाकर कहने लगे—हे सुरेश्वर ! आप इन्द्र हैं। आप धाता, तीनों लोकोंके अधीश्वर और अनुपम तेजस्वी हैं ॥१-३॥ आपके समकक्ष और कोई नहीं है। हम दैत्यराज बलिके भयसे अपनी-अपनी सेनासमेत रणभूमिसे भाग आये हैं। दैत्यपक्षके महान् असुरोंने हमारे रथ, रथके पहिये और रथकी ध्वजा

वज्ज्लागमे तोयदवच्च वीर्यवान् ॥१५॥ दिव्यास्त्रधूमः सुभुजोग्रवायुर्महाबलः पौरुषविक्रमेन्धनः ॥ प्रजा दिधक्षन्निव कालवह्निः सुघोररूपो विबभौ रणे बलिः ॥१६॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे त्रिषष्टितमोऽध्यायः ॥६३॥

वैशम्पायन उवाच ॥ बलिना तु सुराः सर्वे वर्जयित्वा सुराधिपम् ॥ रणे शरशतैर्भिन्नाः ससैन्या वै पराजिताः ॥१॥ विमुखा याति दैत्येन्द्रैर्वध्यमाना महाचमूः ॥ जितास्तु बलिना देवाः शक्रमाहुर्महाबलम् ॥२॥ देवा ऊचुः ॥ भवानिन्द्रश्च धाता च लोकानां प्रभुरव्ययः ॥ त्वमप्रतिमकर्मा च तथैवानुपमद्युतिः ॥ ३ ॥ विद्रुतानीह सैन्यानि सहास्माभिः सुरेश्वर ॥ रथचक्रध्वजाक्षाणि विभिन्नानि महासुरैः ॥ ४ ॥ रथहस्त्यश्वयोधाश्च पदाताश्च सहस्रशः ॥ भिन्नच्छिन्नाश्च शतशो गदामुसलपट्टिशैः ॥ ५ ॥ महाभैरवरूपं हि दैत्येन्द्रेण कृतं रणे ॥ किमुपेक्षसि दैत्येन्द्रैर्हन्यमानां महाचमूम् ॥६॥ त्रायस्व त्रिदशश्रेष्ठ शरण्यः शरणागतान् ॥ श्रुत्वा तु वचनं तेषां देवानाममराधिपः ॥७॥ संवर्ताग्निसमक्रुद्धः सर्वान्दहति दानवान् ॥ दिवाकरकराकारं किरीटं धारयन्प्रभुः ॥ ८ ॥ वैदूर्यवर्णसंकाशो नानारत्नचिताङ्गदः ॥ मयूररोमा रक्ताक्षः शतबाहुः सहस्रदृक् ॥ ९ ॥ हरिरेको हरिश्मश्रुर्नागकेतुर्महाबलः ॥ वज्रप्रहरणः श्रीमान्योगी शतशिरोधरः ॥१०॥ सधनुर्बद्धसन्नाहः शतादित्यसमप्रभः ॥ देवगन्धर्वयक्षौघैरनु-

छिन्न-भिन्न कर दी है ॥ ४ ॥ उनकी गदा, मुशल और पट्टिशास्त्रोंके प्रहारसे हमारे अश्वारोही, रथी और पैदल सेनाके कितने वीर वीरगतिको प्राप्त हुए हैं, उनकी गणना नहीं की जा सकती ॥ ५ ॥ दैत्यराज बलिने रणभूमिमें भयंकर काण्ड उपस्थित कर दिया है। अतएव हे शरणागतरक्षक ! अपने सैनिकोंकी ऐसी दुर्गति देखकर भी आप चुप क्यों बैठे हुए हैं ? अब हम आपके शरणागत हैं, आप हमारी रक्षा करिए। देवताओंके वचन सुनकर देवराज इन्द्र क्रोधाधिक्यसे संवर्तक अग्निके समान प्रज्वलित होकर दानवोंको भस्म कर देनेके लिए सन्नद्ध हो गये। उनके मस्तकपर सूर्यसदृश तेजस्वी किरीट विराजमान था ॥ ६–८ ॥ उनके शरीरकी शोभा वैदूर्यमणि सदृश थी और उनके केयूरमें नाना प्रकारके रत्न जड़े हुए थे। उनके शरीरके रोयें मयूरसदृश थे। उनके सौ भुजायें थीं और धूम्रवर्णके हजार नेत्र थे ॥ ९ ॥ उनकी दाढ़ी-मूँछ हरितवर्ण थी। उनकी ध्वजापर नागका चिह्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बना हुआ था। उनके हाथमें वज्रास्त्र और धनुष था। उनका सारा शरीर कवचसे ढँका हुआ था और उनके शरीरकी प्रभा सैकड़ों सूर्योंके समान तेजस्विनी थी। शतशीर्षधारी योगिवर देवराज इन्द्र जब युद्धके लिए चले तब हजारों देवता, गन्धर्व और यक्षगण उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ १० ॥ ११ ॥ सामवेदाध्यायी महर्षिगण मन्त्रजप और स्तवपाठ करने लगे। तदनन्तर अदितिके प्रिय पुत्र पाकशासन इन्द्र शतपर्वयुक्त, सर्वविदारणक्षम, विकटहास्यकारी और अतिशय देदीप्यमान वज्रास्त्र धारण करके दैत्योंके साथ युद्धमें प्रवृत्त हुए ॥ १२ ॥ १३ ॥ देवराज इन्द्र तथा दैत्यराज बलि दोनों अपरमित बलशाली थे। अतः उन दोनों वीरोंमें घमासान युद्ध आरम्भ हो गया ॥१४॥१५॥ जब महात्मा प्रह्लादने विजयसूचक विविध स्तुतिवाक्योंसे दैत्यराज बलिको प्रबोधित किया, तब वह प्रज्वलित अग्निके समान देदीप्यमान हो उठा ॥ १६ ॥ तदनन्तर सुरपति इन्द्र और असुरपति बलि इन दोनोंमें भीषण संग्राम आरम्भ हो गया। यह देखकर अन्यान्य देवता और दानव फिर परस्पर जूझने लगे ॥ १७ ॥ रणमें देवराज इन्द्रने दैत्यराज बलिपर विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंका प्रयोग

यातः सहस्रशः ॥ ११ ॥ सामगैश्च जपैश्चापि स्तूयमानो महर्षिभिः ॥ शतपर्वं महारौद्रं स्फोटनं सर्वतोमुखम् ॥ १२॥ प्रगृह्य रुचिरं वज्रं दीप्तं रौद्रा-
ट्टहासिनम् ॥ दैत्यानयोधयत्सर्वान्महेन्द्रः पाकशासनः ॥ १३ ॥ अधृष्यः सर्वभूतानामदित्या दयितः सुतः ॥ ततः प्रवृत्तः संग्रामो बलिवासवयो-
स्तदा ॥ १४ ॥ उभाभ्यां देवदैत्याभ्यामचिरान्महदद्भुतः ॥ अतिवीर्यबलोदग्रस्तुमुलो लोमहर्षणः ॥ १५॥ प्रह्लादेन स्तुतिशतैः कर्मभिर्जयसंमतैः ॥
प्रबोधितो दैत्यपतिरग्निरिद्ध इवाबभौ ॥ १६ ॥ सुरासुरेन्द्रयोर्दृष्ट्वा संग्रामं लोमहर्षणम् ॥ देवानां दानवानां च भूयो युद्धमभूत्तदा ॥ १७॥ ततोऽ-
विध्यन्महेन्द्रस्तं बलिमस्त्रैर्महाबलम् ॥ तान्यस्त्राणि महाबाहुश्चिच्छेद शतधा रणे ॥१८॥ ततः क्रुद्धः पुनस्तत्र निजघ्ने दानवं महत् ॥ आग्नेयमथ
शत्रुघ्नं चिक्षेपेन्द्रो महाबलः ॥ तं दृष्ट्वा खे समागच्छत्प्रलयानलसन्निभम् ॥१९॥ पातयामास तच्चेन्द्रं वारुणास्त्रेण धीमता ॥ संक्रुद्धो मघवा वज्रम-
गृह्णात्पर्वतोपमम् ॥ २० ॥ हन्तुकामो रणश्लाघी बलिं दैत्याधिपं रणे ॥ ततः शुश्राव देवेन्द्रः कौशिको हरिवाहनः ॥ २१ ॥ अशरीरां शुभां वाणीं
तस्मिन्महति वैशसे ॥ निवर्तस्व महाबाहो सुराणां नन्दिवर्धन ॥ २२ ॥ पुरन्दर सुरश्रेष्ठ न जेष्यसि रणे बलिम् ॥ तपसाऽप्युत्तमो दैत्यो वरदानेन
चाधिकः ॥२३॥ स्वयंभूपरितोषाच्च सत्यधर्माच्च वासव ॥ नैष शक्यस्त्वया जेतुं त्रिदशैर्वा सुरेश्वर ॥ २४ ॥ यो ह्यस्य जेता भगवाँस्तं शृणुष्व समा-

किया, किन्तु वीर बलिने अपने शस्त्रोंके प्रभावसे उन सबके सैकड़ों टुकड़े करके नष्ट कर दिया ॥ १८ ॥ इससे अत्यन्त कुपित होकर इन्द्रने दुर्निवार तथा शत्रुनिपातन एक आग्नेयास्त्रका निक्षेप किया। उस अस्त्रको अपनी ओर आते देखकर बुद्धिमान् बलि आकाशमें उड़ गया और वहाँ ही से उसने ज्यों ही वारुणास्त्रकी अवतारणा की, त्यों ही वह प्रलयाग्निसदृश भयंकर आग्नेयास्त्र शान्त हो गया। तब इन्द्रने क्रुद्ध होकर दैत्यराज बलिको एकदम नष्ट कर देनेके विचारसे अपना पर्वताकार विशाल वज्रास्त्र सम्हाला ॥ १९ ॥ २० ॥ युद्धाभिलाषी इन्द्रने ज्यों ही उस महान् शस्त्रका उपयोग करनेकी इच्छा की, त्यों ही उन्होंने यह आकाशवाणी सुनी—॥ २१ ॥ हे देवानन्दवर्द्धन इन्द्र! हे सुरश्रेष्ठ! शान्त होओ। तुम संग्राममें बलिको किसी प्रकार पराजित नहीं कर सकते। क्योंकि उसने अपने तपोबलसे स्वयम्भू ब्रह्माजीको संतुष्ट करके उनसे वर प्राप्त किया है। अतएव धर्मतः एवं यथार्थतः बलि

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं। तुमसे अधिक बलवान् हैं। तुम अथवा अन्यान्य देवता भी बलिको पराजित नहीं कर सकते ॥ २२–२४ ॥ जो उसे पराजित कर सकते हैं, अब मैं उनके विषयमें बता रहा हूँ सुनिए। जो ब्रह्माजीके सर्वस्व, देवताओंकी एकमात्र गति, धर्मके रहस्य, श्रेष्ठ पदार्थोंसे भी श्रेष्ठ, परात्परतर, श्रीमान्, परावर गति तथा प्रभु हैं और जो दृश्यमान रहते हुए भी अदृश्य रहते हैं ॥२५॥ जो सहस्रशीर्ष, सहस्राक्ष, सहस्रपाद, शंख-चक्र-गदाधारी, पीतवासा तथा देवशत्रुविनाशक हैं और स्वयंजेता होते हुए भी दूसरोंसे अजेय हैं, श्रीमान् भगवान नारायण अकेले उसकी पराजित कर देंगे। देवराज इन्द्र इस परमाश्चर्यमयी आकाशवाणीको सुनकर अन्यान्य देवताओंके साथ रणभूमिसे बाहर चले आये। हरिवाहन इन्द्रके इस प्रकार हट जानेपर दानवी सेनामें जोरोंसे सिंहनाद होने लगा। इस प्रकार देवताओंके पराजित हो जानेपर दानवयोद्धाओंका अनवरत सिंहनाद, ताल ठोंकनेका शब्द, शंखध्वनि, वाद्यनिर्घोष और जयजयकारका घोष श्रुतिगोचर होने लगा। फलतः वे समस्त शब्द एक साथ मिलकर एक भयानक कोलाहलके रूपमें परिणत हो गये। तदनन्तर दैत्यराज बलि अपनी सेना और बान्धवोंके साथ

हितः ॥ ब्रह्मणः स हि सर्वस्वं देवानां चैव सा गतिः ॥२५॥ परं रहस्यं धर्मस्य परस्य च परा गतिः ॥ परात्परतरः श्रीमान्परावरगतिः प्रभुः ॥२६॥ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ॥ शङ्खचक्रगदापाणिः पीतवासा सुरारिहा ॥ २७॥ जेताऽजेयो जयः श्रीमान्सोऽस्य जेता भविष्यति ॥ श्रुत्वा दिव्यां तु मधुरां वाणीं तामशरीरिणीम् ॥२८॥ अपयातो रणाच्छक्रः सार्द्धं सर्वैः सुरोत्तमैः ॥ अपयाते तु देवेन्द्रे कौशिके हरिवाहने ॥२९॥ सिंहनादो महानासीद्दानवानां महामृधे ॥ ततः किलकिलाशब्दः क्ष्वेडितास्फोटितस्वनः ॥ ३० ॥ शंखानां निनदश्चात्र योधानां वल्गितस्वनः ॥ वादित्राणां च निर्घोषस्तुमुलश्चाभवत्तदा ॥ ३१ ॥ जयशब्दरवाश्चैव देवानां तु पराजये ॥ ससैन्यो दैत्यराजस्तु स्तूयमानः सुहृद्गणैः ॥ बलीन्द्रो विबभौ दैत्यो हिरण्यकशिपुर्यथा ॥३२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामने देवासुरसंग्रामो नाम चतुःषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ निष्प्रयत्नेषु देवेषु त्रैलोक्ये दैत्यपालिते ॥ जये बलेर्बलवतो मयशम्बरयोस्तथा ॥ १ ॥ सुधासु दिक्षु सर्वासु प्रवृत्ते धर्मकर्मणि ॥ अपावृत्ते चन्द्रमसि अयनस्थे दिवाकरे ॥ २ ॥ प्रह्लादशम्बरमयैरनुह्लादेन चैव हि ॥ दिक्षु सर्वासु गुप्तासु गगने दैत्यपालिते ॥ ३ ॥ दैत्येषु मखशोभाश्च स्वर्गार्थं दर्शयत्सु च ॥ प्रकृतिस्थे तदा लोके वर्त्तमाने च सत्पथे ॥ ४ ॥ अभावे सर्वपापानां भावे चैव तथा स्थिते ॥ भावे

रणभूमिसे बाहर आकर हिरण्यकशिपुके समान शोभित हुआ। उसके सुहृद्गण उस समय उसकी स्तुति कर रहे थे ॥ २६–३२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां चतुःषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६४ ॥

(बलिका इन्द्रपदपर अभिषेक) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तब देवगण हताश होकर समरचेष्टासे विमुख हो गये। तीनों लोक दैत्योंके वशीभूत हो गये। मय और शम्बर राजा बलिकी विजयघोषणा करने लगे ॥ १ ॥ युद्ध समाप्त हो जानेपर दसों दिशायें निरुपद्रव हो गयीं और नियमानुसार सभी धर्म-कर्म होने लगे। सूर्य और चन्द्रमा अपने-अपने अयनपर चले गयें ॥ २ ॥ प्रह्लाद, शम्बर, मय और अनुह्लाद ये दिक्पाल बनकर सबका रक्षणावेक्षण करने लगे ॥ ३ ॥ स्वर्गलोकतक दैत्योंके शासनमें आ गया। यज्ञोंमें असुरोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यज्ञभाग मिलने लगा । उस समय सब लोक प्रकृतिस्थ हो गये और संसारमें सत्पथ प्रवर्तित हो गया ॥ ४ ॥ उस समय पापका कहीं नाम भी नहीं रह गया । सिद्धगणोंकी तपस्यामें अभिरुचि हो उठी ॥ ५ ॥ धर्म चतुष्पाद तथा अधर्म केवल एक पैरका रह गया । राजे अपनी-अपनी प्रजाका पालन करने लगे । आश्रमवासीगण अपने-अपने आश्रमधर्मका प्रतिपालन करने लगे । तभी सब दैत्योंने एकत्र होकर बलिको देवराजपदपर अभिषिक्त कर दिया ॥ ६ ॥ ७ ॥ उस समय असुरोंके आनन्दका ठिकाना नहीं रहा । दानवदलमें महान् आनन्दमय कोलाहल मुखरित हो उठा । तदनन्तर पद्मासना, वीरसेविनी, सुरमोहिनी तथा वरदायिनी लक्ष्मी हाथमें कमल लेकर बलिके समीप पहुँचकर बोलीं—हे दैत्यराज! देवताओंको पराजित कर देनेके कारण मैं तुमपर बहुत प्रसन्न हूँ । तुम्हारा कल्याण हो । तुमने युद्धमें असाधारण साहस और अतुलित पराक्रम प्रदर्शित करके देवराज इन्द्रपर विजय प्राप्त की है । यह देखकर मैं स्वयं

तपसि सिद्धानां सर्वत्राश्रमरक्षिषु ॥ ५ ॥ चतुष्पादे स्थिते धर्मे अधर्मे पादविग्रहे ॥ प्रजापालनयुक्तेषु भ्राजमानेषु राजसु ॥ ६ ॥ स्वधर्मसम्प्रयुक्तेषु
सर्वाश्रमनिवासिषु ॥ अभिषिक्तोऽसुरैः सर्वैर्दैत्यराजो बलिस्तदा ॥ ७ ॥ हृष्टेष्वसुरसंघेषु नदत्सु मुदितेषु च ॥ अथाभ्युपगता लक्ष्मीर्बलिं पद्मासने
स्थिता ॥ ८ ॥ पद्मोद्यतकरा देवी वरदा सुरमोहिनी ॥ श्रीरुवाच ॥ बले बलवतां श्रेष्ठ महाराज महाद्युते ॥ ९ ॥ प्रीताऽस्मि तव भद्रं ते देवतानां
पराजये ॥ यस्त्वया युधि विक्रम्य देवराजः पराजितः ॥ १० ॥ दृष्ट्वा ते परमं सत्त्वं ततोऽहं स्वयमागता ॥ नाश्चर्यं दानवश्रेष्ठ हिरण्यकशिपोः
कुले ॥ ११ ॥ प्रसूतस्यासुरेन्द्रस्य तव कर्मेदमीदृशम् ॥ विशेषतस्त्वया राजन्दैत्येन्द्रः प्रपितामहः ॥१२॥ येन भुक्तं हि निखिलं त्रैलोक्यमिदमव्य-
यम् ॥ विशेषतस्तव विभो सर्वे धर्मपथे स्थिताः ॥१३॥ तेन त्रैलोक्यमुख्येन भोक्ष्यस्यमितविक्रम ॥ एवमुक्त्वा हि सा देवी लक्ष्मीर्दैत्यपतिं बलिम्
॥ १४ ॥ प्रविष्टा वरदा सौम्या सर्वभूतमनोरमा ॥ शिष्टाश्च देव्यः प्रवरा ह्रीः कीर्तिर्द्युतिरेव च ॥ १५ ॥ प्रभा धृतिः क्षमा भूतिर्नीतिर्विद्या दया
स्मृतिः ॥ कृतिर्लज्जा तथा मेधा लक्ष्मीरीहा गतिस्तथा ॥१६॥ श्रुतिः प्रीतिरिला कीर्तिः शान्तिः पुष्टिः क्रियास्तथा ॥ सर्वाश्चाप्सरसो दिव्या नृत्य-
गीतविशारदाः ॥१७॥ पतिं प्राप्ताः सुदैतेयं त्रैलोक्ये सचराचरे ॥ प्राप्तमैश्वर्यममितं बलिना ब्रह्मवादिना ॥१८॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे

तुम्हारे पास आ उपस्थित हुई हूँ । तुम हिरण्यकशिपुके विख्यात वंशमें उत्पन्न हुए हो । अतएव तुम्हारा ऐसा करना कुछ भी आश्चर्यकी बात नहीं है ॥ ८–११ ॥ असुरेन्द्रकुलमें जन्म लेकर तुमने कुलके अनुरूप ही कार्य किया है । तुम्हारे पितामह हिरण्यकशिपु, जो त्रिलोकीका राज कर गये हैं, तुम उनसे भी बहुत आगे बढ़ गये हो । विशेष करके तुम्हारे द्वारा समस्त धर्मोंकी रक्षा हुई है ॥ १२ ॥ १३ ॥ इससे ऐसा ज्ञात होता है कि तुम त्रिभुवनकी सम्पदाका निर्विघ्न उपभोग कर सकोगे । सकलजनमनोहारिणी वरदा लक्ष्मी दैत्यराज बलिसे ऐसा कहकर बलिके भवनमें प्रविष्ट हो गयीं । ह्री, कीर्ति, द्युति, प्रभा, धृति, क्षमा, भूति, नीति, विद्या, दया, स्मृति, कृति, लज्जा, मेधा, लक्ष्मी, ईहा, गति, श्रुति, इला, कीर्ति, शान्ति, पुष्टि, क्रियाप्रभृति अन्यान्य देवियाँ और नृत्यगीतविशारदा अप्सरायें, ये सब महान् उत्साहसम्पन्न इन्द्रपदाभिषिक्त महारथी बलिकी उपासना करने लगीं । इस प्रकार सचराचर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्व दैत्योंको मिला और समस्त त्रिलोकीके ऐश्वर्यपर ब्रह्मवादी बलिका अधिकार हो गया ॥१४–१८॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां पञ्चषष्टितमोऽध्यायः ॥६५॥

(महर्षि कश्यपके साथ देवताओंका ब्रह्मलोकगमन) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे विप्रवर ! देवता तो दैत्योंसे पराजित हो गये । पराजित होनेके बाद उन देवताओंने क्या किया ? फिर उन्हें स्वर्गका राज कैसे प्राप्त हुआ ? ॥ १ ॥ वैशम्पायनने कहा—हे महाराज ! देवराज इन्द्र दैत्योंसे पराजित होकर देवताओंके साथ पूर्वाभिमुख चलकर देवमाता अदितिके घर जा पहुँचे ॥ २ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने रणभूमिमें जो आकाशवाणी सुनी थी, सो सब आनुपूर्विक रूपसे अपनी माता अदितिको कह सुनाया ॥ ३ ॥ अदिति बोलीं—वत्स ! यदि ऐसी आकाशवाणी हुई है तो तुम सब एक होकर भी विरोचनपुत्र बलिका विनाश नहीं कर सकोगे ॥ ४ ॥ एकमात्र सहस्रशीर्ष पुरुष ही उसका उच्छेद करनेमें समर्थ हो सकता है । अन्य किसी पुरुषके लिए यह कार्य साध्य नहीं हो सकता ॥ ५ ॥ अतएव चलो, उस महात्मा बलिके पराजयके लिए एक बार तुम्हारे ब्रह्मवादी पिता

भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे पञ्चषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६५ ॥

जनमेजय उवाच ॥ पराजिताः सुरा दैत्यैः किमकुर्वत वै मुने ॥ कथं च त्रिदिवं लब्धं भूयो दैवैर्द्विजोत्तम ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुत्वा वाणीं तु तां दिव्यां सह देवैः सुराधिपः ॥ प्राग्दिशं प्रस्थितः श्रीमानदित्यालयमुत्तमम् ॥ २ ॥ प्राप्यादित्यालयं शक्रः कथयामास तां गिरम् ॥ अदित्या सा यथा युद्धे तेन वाणी पुरा श्रुता ॥ ३ ॥ अदितिरुवाच ॥ यद्येवं पुत्र युष्माभिर्न शक्यो हन्तुमाहवे ॥ बलिर्विरोचनसुतः सर्वैश्चैव मरुद्गणैः ॥ ४ ॥ सहस्रशिरसा हन्तुं केवलं शक्यतेऽसुरः ॥ तेनैकेन सहस्राक्ष न ह्यन्येन शतक्रतो ॥ ५ ॥ तद्वः पृच्छस्व पितरं कश्यपं सत्यवादिनम् ॥ पराजयार्थं दैत्यस्य बलेस्तस्य महात्मनः ॥ ६ ॥ ततोऽदित्या सह सुराः सम्प्राप्ताः कश्यपान्तिकम् ॥ अपश्यन्कश्यपं तत्र मुनिं दिव्यतपोनिधिम् ॥ ७ ॥ आद्यं देवं गुरुं दिव्यं क्लिन्नं त्रिषवणाम्बुभिः ॥ तेजसा भास्कराकारं गौरमग्निशिखाप्रभम् ॥८॥ न्यस्तदण्डं तपोयुक्तं बद्धकृष्णाजिनोत्तरम् ॥ वल्कलाजिनसंवीतं प्रदीप्तं ब्रह्मवर्चसा ॥ ९ ॥ हुताशमिव दीप्यन्तमाज्यमन्त्रपुरस्कृतम् ॥ स्वाध्यायनिरतं शान्तं वपुष्मन्तमिवानलम् ॥ १० ॥ तं ब्रह्मवादिनां श्रेष्ठं सुरासुरगुरुं प्रभुम् ॥ प्रतपन्तमिवादित्यं मारीचं दीप्ततेजसम् ॥ ११ ॥ यः स्रष्टा सर्वभूतानां प्रजानां पति-

कश्यपसे कोई उपाय पूछा जाय ॥६॥ तदनन्तर सब देवता माता अदितिके साथ महर्षि कश्यपके पास जा पहुँचे । वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि तेजःपुञ्जकलेवर, सुरासुरगुरुऔर तपोनिधि कश्यप बैठे हुए हैं ॥७॥ त्रिषवणके जलसे उनका शरीर भलीभाँति परिष्कृत है । उनका वह शुभ्र रूप देखकर ऐसा लगता था कि मानो स्वयं भास्कर भगवान् अपनी प्रभाका विस्तार कर रहे हैं । अथवा मानो अग्निशिखा प्रज्वलित हो रही है ॥८॥ दण्ड त्यागकर वे तपस्यामें मग्न हैं । उनके गलेमें कृष्णमृगचर्मका उत्तरीय पड़ा हुआ है । उनका परिधान वल्कलवसन तथा मृगचर्म है और ब्रह्मवर्चस्से उनका मुखमण्डल बहुत तेजस्वी दीख रहा है ॥९॥ घृत तथा मन्त्रसे देदीप्यमान अग्निके समान उनका तेज चारों ओर फैला हुआ है । वे निरन्तर स्वाध्यायमें लीन रहते हैं । उनका शान्त शरीर अग्निसदृश तेजस्वी दीख रहा है ॥१०॥ ब्रह्मवादियोंमें श्रेष्ठ, सुरासुरके पिता और सबके प्रभु महर्षि कश्यप उस समय तपते हुए सूर्यके समान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तेजस्वी दीख रहे थे ॥ ११ ॥ वे समस्त प्राणियोंके स्रष्टा, श्रेष्ठ प्रजापति और आत्मभावविशेषसे वे तृतीय प्रजापति थे ॥ १२ ॥ जैसे ब्रह्माजीके मानस पुत्रगण उनके पास जाते हैं, उसी प्रकार अदितिके साथ इन्द्रादि देवताओंने कश्यपके समीप जाकर प्रणाम किया और हाथ जोड़कर बोले ॥ १३ ॥ रणभूमिमें इन्द्रने जो आकाशवाणी सुनी थी, वह सुनाते हुए बताया कि दानवसत्तम बलि सब देवताओंसे अजेय है ॥ १४ ॥ अपने पुत्र देवताओंके वचन सुनकर लोककर्ता महर्षि कश्यपने ब्रह्मलोक जानेका निश्चय किया ॥ १५ ॥ कश्यपजी बोले—पुत्रगण ! चलो, हम लोग वेदघोषसे निनादित ब्रह्मलोक चलें। वहाँ चलकर तुम लोगोंने जो आकाशवाणी सुनी थी, उसका विवरण ब्रह्माजीको बताओ ॥ १६ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! ऐसा कहकर कश्यपजी देवर्षिगणसेवित ब्रह्मसदनको चल पड़े। माता अदितिके साथ देवता भी उनके पीछे-पीछे चलने लगे ॥ १७ ॥ तदनुसार महाबली और परम पराक्रमी देवता अपने

रुत्तमः ॥ आत्मभावविशेषेण तृतीयो यः प्रजापतिः ॥ १२ ॥ ततः प्रणम्य ते वीराः सहादित्या सुरर्षभाः ॥ ऊचुः प्राञ्जलयः सर्वे ब्रह्माणमिव मानसाः ॥ १३ ॥ यच्छ्रुतं युधि शक्रेण सरस्वत्या समीरितम् ॥ अजेयस्त्रिदशैः सर्वैर्बलिर्दानवसत्तमः ॥ १४ ॥ श्रुत्वा तु वचनं तेषां पुत्राणां कश्यपस्तदा ॥ चकार गमने बुद्धिं ब्रह्मलोकाय लोककृत् ॥१५॥ कश्यप उवाच ॥ गच्छाम ब्रह्मसदनं ब्रह्मघोषनिनादितम् ॥ यथाश्रुतं च तत्रैव ब्रह्मणे वदतानघाः ॥ १६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततोऽदित्या सह सुरा यान्तं कश्यपमन्वयुः ॥ प्रस्थितं ब्रह्मसदनं देवर्षिगणसेवितम् ॥ १७ ॥ ते मुहूर्तेन संप्राप्ता ब्रह्मलोकं दिवौकसः ॥ दिव्यैः कामगमैर्यानैर्महार्हैः सुमनोहरैः ॥ १८ ॥ दिदृक्षवस्ते ब्रह्माणं तपसो राशिमव्ययम् ॥ अभ्यगच्छन्त विस्तीर्णां ब्रह्मणः परमां सभाम् ॥१९॥ षट्पदोद्गीतनिनदां सामगीतविमिश्रिताम् ॥ श्रेयस्करीममित्रघ्नीं दृष्ट्वा सञ्जहृषुर्मुदा ॥२०॥ ब्राह्मणैश्च महाभागैर्वेदवेदांगपारगैः ॥ ऋचो बह्वृचमुख्यैश्च प्रेर्यमाणपदाक्षराः ॥ २१ ॥ शुश्रुवुस्तेऽमरव्याघ्रा विततेषु च कर्मसु ॥ यज्ञवेदांगविदुषां पदक्रमविदां तथा ॥२२॥ घोषेण परमर्षीणां सा बभूव निनादिता ॥ यज्ञसंस्तवविद्भिश्च शिक्षाविद्भिस्तथा द्विजैः ॥२३॥ शब्दनिर्वचनार्थज्ञैः सर्वविद्याविशारदैः ॥ मीमांसाहितवाक्यज्ञैः सर्ववादविशारदैः ॥२४॥ हृष्टपुष्टस्वरैस्तत्र द्विजेन्द्रैर्वल्गुवादिभिः ॥ नादितं ब्रह्मसदनं प्रवरं देवसद्मवत् ॥२५॥ ते तत्र समनुप्राप्य

अपने मनोहर और इच्छाचारी विमानोंपर सवार होकर मुहूर्तभरके भीतर ब्रह्मलोकमें जा पहुँचे ॥१८॥ तदनन्तर तपोराशि ब्रह्माजीका दर्शन करनेके विचारसे वे सुविस्तीर्ण, परम रमणीय, मंगलदायिनी तथा शत्रुविनाशिनी सभामें प्रविष्ट हुए। वहाँ नित्य भ्रमरोंकी सामगीतमयी मधुर ध्वनि सुनायी देती थी। उस सभाको देखकर वे बहुत प्रसन्न हुए ॥ १९ ॥ २० ॥ वहाँ वेद-वेदाङ्गपारदर्शी, विशेष करके ऋग्वेदके ज्ञाता महानुभाव ब्राह्मणगण यथापद तथा यथाअक्षर ऋग्वेदका अध्ययन कर रहे थे ॥२१॥ उस समय विस्तृत यज्ञकार्य आरम्भ हो चुका था। ब्रह्मर्षियोंके वेदाध्ययनके शब्दसे वह सभा प्रतिध्वनित हो रही थी। यज्ञकार्यकुशल, शब्दनिर्वाचन तथा सदर्थके ज्ञानमें समर्थ, सर्वविद्या और विशेष करके मीमांसा तथा हेतुवादप्रभृति तर्कशास्त्रमें पूर्ण निपुण, सुशिक्षित तथा मधुरभाषी ब्राह्मणोंके यथाविधि स्वरसंयोगसे विष्णु तथा रुद्रदेवके भवनों सदृश ब्रह्मसदन मुखरित हो रहा था ॥२२–२५ देवताओंने वहाँ पहुँचकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन सब मधुर ध्वनियोंको सुनकर अपने शरीरको पवित्र समझ लिया ॥२६॥ तदनन्तर मौनभावका अवलम्बन करके उन्होंने ब्रह्माजीमें अपना मन लगाया और विस्मयविकसित नयनोंसे परस्पर एक दूसरेकी ओर निहारने लगे ॥ २७ ॥ देवताओंके पिता कश्यप ब्रह्माजीके सम्मुख और सब देवताओंने कश्यपजीके पीछे खड़े होकर पुनः मन ही मन ब्रह्माजीको प्रणाम किया ॥ २८ ॥ तदनन्तर देवगण तथा अन्यान्य शास्त्रदर्शीगण गम्भीर तथा उच्चस्वरसे उच्चरित हंसस्वरसदृश अतिशय मधुर वेदध्वनि श्रवण करने लगे ॥ २९ ॥ ३० ॥ तत्पश्चात् इधर-उधर दृष्टि दौड़ाकर देवताओंने देखा कि व्रतधारी, जप और होमकार्यमें तत्पर कितने ही जितेन्द्रिय व्यक्ति वहाँ उपस्थित थे ॥ ३१ ॥ ऐसी भव्य सभामें सुरासुरगुरु श्रीमान् लोकपितामह ब्रह्माजी विराजमान थे ॥ ३२ ॥ दक्ष, प्रचेता, पुलह, मरीचि, भृगु, अत्रि, वसिष्ठ, गौतम, नारद और मनुप्रभृति प्रजापतिगण बड़ी तन्मयताके साथ उनकी उपासना कर रहे

शृण्वंतो वै ध्वनिं सुराः ॥ पूतान्यात्मशरीराणि मेनिरे तु न संशयः ॥ २६ ॥ तूष्णींभूता एकचित्ता ब्राह्मण्यगतमानसाः ॥ विस्मयोत्फुल्लनयना
निरीक्षन्तः परस्परम् ॥ २७ ॥ नमस्कुर्वन्ति च पुनर्गुरुं लोकगुरुं प्रभुम् ॥ मनसैव सुरश्रेष्ठाः पुरस्कृत्य तु कश्यपम् ॥ २८ ॥ पुनः सम्पूज्य परमं
वेदोच्चारणनिःस्वनम् ॥ गम्भीरोदारमधुरं सुस्वरं हंसगद्गदम् ॥ २९ ॥ ऐक्यनानात्वसंयोगसमवायविशारदैः ॥ लोकायतिकमुख्यैश्च शुश्रुवुः स्वन-
मीरितम् ॥ ३० ॥ तत्र तत्र च विप्रेंद्रान्नियतान्संशितव्रतान् ॥ जपहोमपरान्मुख्यान्ददृशुः कश्यपात्मजाः ॥ ३१ ॥ तस्यां सभायामास्ते स्म ब्रह्मा
लोकपितामहः ॥ सुरासुरगुरुः श्रीमान्विधिवद्देवमायया ॥ ३२ ॥ उपासते च तत्रैनं प्रजानां पतयः प्रभुम् ॥ दक्षः प्रचेताः पुलहो मरीचिश्च
द्विजोत्तमः ॥ ३३ ॥ भृगुरत्रिर्वसिष्ठश्च गौतमो नारदस्तथा ॥ मनुर्द्यौरन्तरिक्षं च वायुस्तेजो जलं मही ॥ ३४ ॥ शब्दस्पर्शौ च रूपं च रसो गन्ध-
स्तथैव च ॥ प्रकृतिश्च विकाराश्च यच्चान्यत्कारणं महत् ॥ ३५ ॥ साङ्गोपाङ्गाश्चतुर्वेदाः सरहस्यपदक्रमाः ॥ क्रियाश्च क्रतवश्चैव संकल्पः प्राण एव
च ॥३६॥ एते चान्ये च बहवः स्वयंभुवमुपस्थिताः ॥ अर्थो धर्मश्च कामश्च द्वेषो दर्पश्च नित्यदा ॥३७॥ शुक्रो बृहस्पतिश्चैव संवर्तो बुध एव च ॥
शनैश्चरोऽथ राहुश्च ग्रहाः सर्वे ह्यशेषतः ॥३८॥ मरुतो विश्वकर्मा च नक्षत्राणि च भारत ॥ दिवाकरश्च सोमश्च ब्रह्माणं समुपासते ॥ सावित्री दुर्ग-
तरिणी वाणी सप्तविधा तथा ॥ ३९ ॥ सर्वाणि श्रुतिशास्त्राणि गाथाश्च नियमास्तथा ॥ भाष्याणि सर्वशास्त्राणि देहवन्ति विशांपते ॥ क्षणा लवा
मुहूर्ताश्च दिवा रात्रिश्च भारत ॥ ४० ॥ अर्धमासाश्च मासाश्च ऋतवः षट् तथैव च ॥ संवत्सराश्चतुर्युगं मासा रात्रिश्चतुर्विधा ॥ ४१ ॥ कालचक्रं च यद्दिव्य-

थे । आकाश, अन्तरिक्ष, वायु, तेज, जल, पृथिवी, शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्धप्रभृति तथा पृथिवीके अन्यान्य कारण, साङ्गोपाङ्ग चारों वेद, क्रिया, यज्ञ, संकल्प, प्राण, धर्म, अर्थ, काम, द्वेष और दर्प आदि भी नित्य उनकी सेवाके लिए उनके समक्ष उपस्थित रहते थे ॥३३–३७॥ शुक्र, बृहस्पति, संवर्त, बुध, शनैश्चर, राहुप्रभृति ग्रहगण, वायु, विश्वकर्मा, नक्षत्रगण, सूर्य और चन्द्रमा भी ब्रह्माजीकी सेवामें संलग्न थे । दुःखनाशिनी सावित्री, सप्तविधा सरस्वती, सभी श्रुतियाँ, सभी शास्त्र, गाथायें, निगम, भाष्य, अन्यान्य शास्त्र, क्षण, लव, मुहूर्त, दिन, रात्रि, मास, पक्ष, छहों ऋतुयें, संवत्सर, चारों युग, सन्ध्यायें, चतुर्विध रात्रि, सतत परिभ्रमणशील शाश्वत कालचक्र, नित्य अविनाशी कालचक्र एवं इनके अतिरिक्त भी कितने ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्यान्य महापुरुष स्वयंभू ब्रह्माजीकी उपासना कर रहे थे ॥३८–४२॥ उस दिव्य तथा सब कामनायें पूर्ण करनेवाली सभामें प्रविष्ट होकर अपने पुत्रोंके साथ धार्मिकप्रवर महर्षि कश्यपने दूरसे ही परम उत्कृष्ट आसनपर विराजमान, ब्राह्मी श्रीसे सम्पन्न एवं तेजस्वी ब्रह्माजीको प्रणाम किया ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ श्रीब्रह्माजीके चरणोंको मस्तकसे स्पर्श कराके प्रणाम करते ही देवताओंके सब पाप दूर हो गये और उन्हें शान्ति प्राप्त हो गयी ॥ ४६ ॥ महात्मा कश्यपके साथ आये हुए देवताओंको देखकर महातेजस्वी तथा समस्त देवताओंके प्रभु ब्रह्माजी बोले—॥ ४७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीयां षट्षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६६ ॥

ब्रह्माजी बोले—हे वीरवर सुरश्रेष्ठगण ! तुमलोग जिस कार्यके लिए मेरे पास आये हो, उसे मैं भली भाँति जानता हूँ ॥१॥ तुम्हारी कामना अवश्य पूर्ण होगी। जो दानवेन्द्र

मनित्यं ध्रुवमव्ययम् ॥ एते चान्ये च बहवः स्वयंभुवमुपस्थिताः ॥४२॥ ते प्रविष्टाः सभां दिव्यां ब्रह्मणः सर्वकामदाम् ॥ कश्यपस्त्रिदशैः सार्द्धं पुत्रैर्धर्मविशारदैः ॥ ४३ ॥ सर्वतेजोमयीं दिव्यां ब्रह्मर्षिगणसेविताम् ॥ ब्राह्मया श्रिया दीप्यमानमचिन्त्यं विगतक्लमम् ॥ ४४ ॥ ब्रह्माणं वीक्ष्य ते सर्वे आसीनं परमासने ॥ जग्मुर्मूर्ध्ना शुभौ पादौ ब्रह्मणस्ते दिवौकसः॥४५॥ शिरोभिः स्पृश्य चरणौ तस्य ते परमेष्ठिनः ॥ विमुक्ताः सर्वपापेभ्यः शान्ता विगतकल्मषाः ॥ ४६ ॥ दृष्ट्वा तु तान्सुरान्सर्वान्कश्यपेन सहागतान् ॥ आह ब्रह्मा महातेजा देवानां प्रभुरीश्वरः ॥ ४७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे षट्षष्टितमोऽध्यायः ॥ ६६ ॥

ब्रह्मोवाच ॥ यदर्थमिह संप्राप्ता भवन्तः सर्व एव हि ॥ विजानाम्यहमव्यग्र एतत्सर्वं महाबलाः ॥ १ ॥ भविष्यति च वः सोऽर्थः काङ्क्षितो यः सुरोत्तमाः ॥ बलेर्दानवमुख्यस्य यो विजेता भविष्यति ॥ २ ॥ न खल्वसुरसंघानामेको जेता स विश्वकृत् ॥ त्रैलोक्यस्यापि जेताऽसौ देवानामपि चोत्तमः ॥ ३ ॥ धाता चैव हि लोकानां विश्वयोनिः सनातनः ॥ पूर्वं देवं सदा प्राहुर्हेमगर्भनिदर्शनम् ॥ ४ ॥ आत्मा देवेन विभुना कृतोऽजेयो महात्मना ॥ बलेरसुरमुख्यस्य विश्वस्य जगतस्तथा ॥ ५ ॥ प्रभवः स हि सर्वेषामस्माकमपि पूर्वजः ॥ अचिन्त्यः स हि विश्वात्मा योगयुक्तः परंतपः ॥ ६ ॥ तं देवापि महात्मानं न विदुः कोऽप्यसाविति ॥ वेदात्मानं च विश्वं च स देवः पुरुषोत्तमः ॥ ७ ॥ तस्यैव तु प्रसादेन प्रवक्ष्येऽहं परां गतिम् ॥ यत्र योगं समास्थाय तपश्चरति दुश्चरम् ॥८॥ क्षीरोदस्योत्तरे कूले उदीच्यां दिशि देवताः ॥ अमृतं नाम परमं स्थानमाहुर्मनीषिणः ॥९॥ भवन्तस्तत्र

बलिको पराजित करेंगे, वे केवल देवशत्रुओंके विजेता हों, सो बात नहीं है। वे समस्त त्रिलोकीके विजेता तथा सब देवताओंसे श्रेष्ठ हैं ॥ २ ॥ ३ ॥ वे सब जीवोंके स्रष्टा, समस्त विश्वके विधाता, सनातन, सबके आदि और हमारे भी पितास्वरूप हैं। दैत्यराज बलिको उन्होंने ही अजेय किया है, वे महात्मा हम सबके पिता हैं। वे अचिन्त्य, विश्वात्मा, योगी एवं मेरे परम योग हैं। बड़े-बड़े देवता भी यह नहीं जान सके कि 'वे कौन हैं ?' किन्तु वे पुरुषोत्तम भगवान् अपने आपको, तुम्हें, हमें और समस्त संसारके वृत्तान्तको जानते हैं ॥ ४–७ ॥ उन्हीं परम पुरुषकी कृपासे मैं यह बता रहा हूँ कि वे इस समय किस स्थानपर रहते हुए दुश्चर तप कर रहे हैं ॥८॥ उत्तर दिशामें क्षीरसागरके उत्तरी तटपर अतिशय रमणीक एक स्थान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है । मनीषीगण उस स्थान को 'अमृत' कहते हैं । सो तुमलोग उसी अमृतस्थानपर जाकर अति कठोर तप करो । ऐसा करनेपर वर्षाकालीन सजल जलधरके समान अति गम्भीर, अतिस्निग्ध और स्पष्ट अक्षरोंयुक्त वाणी सुनोगे । तुम यह निश्चित समझो कि वह मनोहारिणी, कल्याणकारिणी, संस्कारवती, अभयदायनी, ब्रह्मवादिनी और सर्वपापविनाशिनी वाणी सर्वदेवादिदेव विश्वात्मा भगवान्की ही होगी । उक्त व्रत समाप्त होनेपर ही तुम उन अमोघ महापुरुषकी यह विश्वरूपा वाणी सुन सकोगे॥९–१३॥ वे कहेंगे–हे सुरश्रेष्ठगण ! आपका स्वागत है। आप सब देवता स्वयं वरदायक हैं । अतएव मैं आप सबको कौनसा वरदान दूँ ? अब अदिति तथा कश्यप ये दोनों उन योगात्माके चरणोंमें पड़कर वरदान माँगने लगें । लोकपितामह ब्रह्माजी बोले––हे कश्यपजी ! जब वे भगवान तुमसे वर माँगनेके लिए कहें, तब तुम कहना कि 'आप स्वयं मेरे पुत्ररूपमें अवतीर्ण हों' ॥ १४–१६ ॥ ऐसा करनेसे वे भगवान तुरन्त

वै गत्वा तपसा संशितव्रताः ॥ अमृतं स्थानमासाद्य तपश्चरत दुश्चरम् ॥ तत्र श्रोष्यथ विस्पष्टां स्निग्धगम्भीरनिःस्वनाम् ॥ १० ॥ उष्णगे तोय-
पूर्णस्य तोयदस्य समस्वनाम् ॥ युक्ताक्षरपदस्निग्धां रम्यामभयदां शिवाम् ॥११॥ वाणीं परमसंस्कारां वरदां ब्रह्मवादिनीम् ॥ दिव्यां सरस्वतीं सत्यां
सर्वकिल्बिषनाशिनीम् ॥ १२ ॥ सर्वदेवाधिदेवस्य भाषितां भावितात्मनः ॥ तस्य व्रतसमाप्तौ तु यावद्व्रतविसर्जनम् ॥ १३ ॥ अमोघस्य तु देवस्य
विश्वरूपां महात्मनः ॥ स्वागतं वः सुरश्रेष्ठा मत्सकाशे व्यवस्थिताः ॥१४॥ कस्य किं वा वरं देवा ददामि वरदः स्थितः ॥ तं कश्यपोऽदितिश्चैव वरं
गृह्णीत वै ततः ॥१५॥ प्रणम्य शिरसा पादौ तस्मै योगात्मने तदा ॥ भवानेव च नः पुत्रो भवत्विति न संशयः ॥१६॥ उक्तश्च परया भक्त्या तथा-
ऽस्त्विति स वक्ष्यति ॥ देवा ब्रुवन्तु तं सर्वे भ्राता नस्त्वं भवेति ह ॥१७॥ तथाऽस्त्विति च स श्रीमान्वक्ष्यते सर्वलोककृत् ॥१८॥ तस्मादेवं गृहीत्वा
तु वरं त्रिदशसत्तमाः ॥ कृतकृत्याः पुनः सर्वे गच्छध्वं स्वं स्वमालयम् ॥१९॥ तथाऽस्त्विति सुराः सर्वे कश्यपोऽदितिरेव च ॥ वन्दित्वा ब्रह्मचरणौ
गताः सौम्यां दिशं प्रति ॥२०॥ तेऽचिरेणैव संप्राप्ताः क्षीरोदस्योत्तरं तटम् ॥ यथोद्दिष्टं भगवता ब्रह्मणा ब्रह्मवादिना ॥२१॥ तेऽतीत्य सागरान्स-
र्वान्पर्वतांश्च बहून्क्षणात् ॥ नद्यश्च विविधा दिव्याः पृथिव्यां सुरसत्तमाः ॥ २२ ॥ पश्यन्ति च सुघोरां वै सर्वसत्त्वविवर्जिताम् ॥ अभास्करामम-
र्यादां तमसा संवृतां दिशम् ॥ अमृतं स्थानमासाद्य कश्यपेन सुरैः सह ॥२३॥ दीक्षिताः कामदं दिव्यं व्रतं वर्षसहस्रकम् ॥ प्रसादार्थं सुरेशाय तस्मै

'तथाऽस्तु' कह देंगे । तदनन्तर सब देवता एक साथ उनसे वरदान माँगते हुए कहें कि 'आप हमारे भ्राता बनें' । समस्त लोकोंके रचयिता भगवान उनसे भी 'तथाऽस्तु' कहकर वरदान दे देंगे ॥ १७ ॥ १८ ॥ हे देवश्रेष्ठगण ! उन परम पुरुषसे ऐसा वरदान प्राप्त करके तुमलोग अपने-अपने स्थानको चले जाओ ॥ १९ ॥ हे महाराज ! तब अदिति, कश्यप तथा अन्यान्य देवताओंने उनके परामर्शसे सहमत होकर लोकपितामह ब्रह्माजीकी चरणवन्दना की और उत्तर दिशाको चल पड़े ॥ २० ॥ वहाँसे चलकर वे शीघ्र ब्रह्माजीके बताये क्षीरसागरके उत्तरी तटपर पहुँच गये ॥२१॥ उत्साहके कारण क्षणभरमें ही सभी समुद्रों, वनोंसे परिपूर्ण पर्वतों, नदों और विविध नदियोंको पार करके वे देवता अमृत नामक स्थानपर जा पहुँचे । वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि उस स्थानपर कोई भी जीव नहीं है । सूर्यका प्रकाश भी वहाँ नहीं है । सर्वदा केवल घोर अन्धकार छाया रहता है ॥ २२ ॥ २३ ॥ वहाँपर महर्षि कश्यपके साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उन देवताओंने एक सहस्र वर्षके व्रतकी दीक्षा ली। सहस्राक्ष देवदेव नारायणकी कृपा प्राप्त करना ही उस व्रतका मुख्य उद्देश्य था ॥ २४ ॥ उन सभी देवताओंने स्थानकष्ट तथा आसनकष्टको स्वीकार करके ब्रह्मचर्य और मौनव्रत अवलम्बनपूर्वक अतिशय कठोर तप आरम्भ किया ॥ २५ ॥ इधर भगवान कश्यप उन परम पुरुषका अनुग्रह प्राप्त करनेके लिए इस वेदोक्त परम पवित्र स्तोत्रका पाठ करने लगे ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६७ ॥

(भगवत्स्तुति) कश्यप बोले — हे देवेश ! हे एकशृंग ! हे वराह ! हे वृषार्चिष ! हे वृषसिन्धो ! हे वृषाकपे ! हे सर्वृषभ ! हे सुरनिर्मित ! हे भद्र ! आपको नमस्कार है। आप कपिल, विष्वक्सेन, ध्रुव, धर्मराज, वैकुण्ठ, त्रेतावर्त, अनादिमध्यनिधन, धनंजय, शुचिश्रवा, अग्निज, वृष्णिज, अज, अजय, अमृतेश, सनातन, विधाता, त्रिकाम, त्रिधाम, त्रिककुत्, ककुद्मी,

योगाय धीमते ॥ नारायणाय देवाय सहस्राक्षाय धीमते ॥ २४ ॥ ब्रह्मचर्येण मौनेन स्थानवीरासनेन च ॥ दमेन च सुराः सर्वे तपो दुश्चरमास्थिताः ॥ २५ ॥ कश्यपस्तत्र भगवान्प्रसादार्थं महात्मनः ॥ उदीरयति वेदोक्तं यमाहुः परमं स्तवम् ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे सप्तषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६७ ॥

कश्यप उवाच ॥ नमोऽस्तु ते देवदेवेश एकशृङ्ग वराह वृषार्चिष वृषसिन्धो वृषाकपे सुरनिर्मित अनिर्मित भद्र कपिल विष्वक्सेन ध्रुव धर्म धर्मराज वैकुण्ठ त्रेतावर्त्त १७ अनादिमध्यनिधन धनंजय शुचिश्रवः अग्निज २१ वृष्णिज अज अजय अमृतेशय सनातन विधातस्त्रिकाम त्रिधाम त्रिककुत ककुद्मिन् २८ दुन्दुभे महानाभ लोकनाभ विरिञ्चे वरिष्ठ बहुरूप विश्वरूपाक्षयाक्षर सत्याक्षर ४० हंसाक्षर ४१ हव्यभुक् खण्डपरशो शुक्र मुञ्जकेश हंस महाहंस महदक्षर हृषीकेश सूक्ष्म परमसूक्ष्म तुराषाट् विश्वमूर्ते सुराग्रज नील निस्तमो विरजस्तमोरजः सत्त्वधाम सर्वलोकप्रतिष्ठ शिपिविष्ट सुतपस्तपोग्र अग्र अग्रज धर्मनाभ गभस्तिनाभ धर्मनेमि सत्यधाम सत्याक्षर गभस्तिनेमे विपाप्मन् ७२ चन्द्ररथ ७३ त्वमेव समुद्रवासाः अजैकपात् सहस्रशीर्ष सहस्रसंमित महाशीर्ष सहस्रदृक् सहस्रपात् अधोमुख महामुख महापुरुष पुरुषोत्तम सहस्रबाहो सहस्रमूर्ते सहस्रास्य सहस्राक्ष सहस्रभुज सहस्रभव ९१ सहस्रशस्त्वामाहुर्वेदाः। विश्वेदेव विश्वसम्भव सर्वेषामेव देवानां सौभग ९३ आदौ गतिः विश्वं त्वमाप्यायनः विश्वं त्वामाहुः

दुन्दुभि, महानाभ, लोकनाथ, पद्मनाभ, विरिञ्चि, वरिष्ठ, बहुरूप, विरूप, विश्वरूप, अक्षयाक्षर, सत्याक्षर, हंसाक्षर, हव्यभुक्, खण्डपरशु, शुक्र, मुञ्जकेश, हंस, महाहंस, महदक्षर, हृषीकेश, सूक्ष्म, परमसूक्ष्म, तुराषाट्, विश्वमूर्ति, सुराग्रज, नील, निस्तम, विरज, रज, सत्त्वधाम, सर्वलोकप्रतिष्ठ, शिपिविष्ट, सुतप, तपोऽग्र, अग्र, अग्रज, धर्मनाभ, गभस्तिनाभ, धर्मनेमि, सत्यधाम, सत्याक्षर, गभस्तिनेमि, निष्पाप और चन्द्ररथ हैं। आप ही समुद्रवासा, अजैकपात्, सहस्रशीर्ष, सहस्रसंश्रित, महाशीर्ष, सहस्रदृक्, सहस्रपात्, अधोमुख, महामुख, महापुरुष, पुरुषोत्तम, सहस्रबाहु, सहस्रमूर्ति, सहस्रास्य, सहस्राक्ष और सहस्रभुज हैं। वेदोंमें आपके हजारों नामोंका उल्लेख है। हे विश्वेदेव ! हे विश्वसम्भव ! जगत्के जीवोंकी आदि गति आप ही हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे पुष्पहास ! हे परम वरद ! वेदोंने आपको विश्व और त्रिश्वाश्रय कहा है। आप ही वौषट्, ओंकार, वषट्कार और एक प्रधानतम यज्ञभाक् कहलाते हैं। आप ही शतधार, सहस्रधार, भूर्द, भुवर्द, स्वर्द, भूर्भुवःस्वर्द, भूत, भुवन, स्वधा, ब्रह्मेशय, ब्रह्मादि, स्वर्ग, सूर्य, पृथिवी, वायु, धर्म, इन्द्र, होता, पोता, नेता, हन्ता, मन्ता, होम्य, होता और परात्पर हैं। आप ही जल, विश्ववाक्, स्रुक्, स्रुग्भाण्ड, इष्ट, इज्य, ईड्य, त्वष्टा, समिद्ध और गतिशील व्यक्तियोंके एकमात्र गति हैं। आप ही मोक्ष, योग, गुह्य, सिद्ध, धन्य, धाता, परम यज्ञ, सोम, यूप, दक्षिणा, दीक्षा, विश्व, स्थविष्ठ, स्थविर, विश्व, तुराषाट्, हिरण्यगर्भ, हिरण्यनाभ, हिरण्यनारायण, नारायणान्तर, मनुष्योंके विश्रामस्थल, आदित्यवर्ण, आदित्यतेज, महापुरुष, सुरोत्तम, आदिदेव, पद्मनाभ, पद्मेशय, पद्माक्ष, पद्मगर्भ, हिरण्याग्रकेश, शुक्लविश्वेदेव, विश्वतोमुख, विश्वाक्ष, विश्वसंभव, विश्वभुक्, भूरिविक्रम, चक्रक्रम, त्रिभुवन, सुविक्रम, स्वर्विक्रम, बभ्रु, सुविभु,

पुष्पहास परमवरदस्त्वमेव १०० त्वमेव वौषट् ओंकारवट्षकारं त्वामेकमाहुरग्र्यं मखभागप्राशिनम् १०५ शतधार सहस्रधार १०७ भूर्द भुवर्द स्वर्द भूर्भुवःस्वर्द त्वमेव भूतं भुवनं त्वं स्वधा त्वमेव ब्रह्मेशय ब्रह्ममय ब्रह्मादिस्त्वमेव द्यौरसि पृथिव्यसि पूषाऽसि मातरिश्वासि धर्मोऽसि मघवाऽसि होता पोता नेता हन्ता मन्ता होम्यहोता परात्परस्त्वम् १३० होम्यस्त्वमेव आपोऽसि विश्ववाक् १३२ धात्रा परमेण धाम्ना त्वमेव दिग्भ्यः स्रुक् १३३ स्रुग्भाण्डस्त्वं गण इष्टोऽसि इज्योऽसि ईड्योऽसि त्वष्टा त्वमसि समिद्धस्त्वमेव मतिर्मतिमतामसि मोक्षोऽसि योगोऽसि गुह्योऽसि सिद्धोऽसि धन्योऽसि धाताऽसि परमोऽसि यज्ञोऽसि सोमोऽसि यूपोऽसि दक्षिणाऽसि दीक्षाऽसि विश्वमसि स्थविष्ठ स्थविर विश्व तुराषाट् हिरण्यगर्भ हिरण्यनाभ हिरण्यनारायण नारायणान्तर नृणामयन आदित्यवर्ण आदित्यतेजः महापुरुष सुरोत्तम आदिदेव पद्मनाभ पद्मेशय पद्माक्ष पद्मगर्भ हिरण्याग्रकेश शुक्लविश्वेदेव विश्वतोमुख विश्वाक्ष विश्वसंभव विश्वभुक्त्वमेव भूरिविक्रम चक्रक्रम त्रिभुवन सुविक्रम स्वर्विक्रम बभ्रुः सुविभुः प्रभाकरः शंभुः स्वयंभूश्च भूतादिर्भूतात्मन् महाभूत विश्वभुक्त्वमेव विश्वगोप्ताऽसि विश्वंभर पवित्रमसि हविर्विशारद हविःकर्मा अमृतेन्धन सुरासुरगुरो महदादिदेव नृदेव १९९ ऊर्ध्वकर्मन् २०० पूतात्मन् अमृतेश दिवःस्पृक् विश्वस्य पते २०५ घृताच्यसि अनन्तकर्मन् द्रुहिणवंश स्ववंश विश्वपास्त्वं त्वमेव विश्वं बिभर्षि वरार्थिनो नस्त्रायस्वेति २२२ ॥१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावेऽष्टषष्टितमोऽध्यायः ॥६८॥

वैशम्पायन उवाच ॥ नारायणस्तु भगवाञ्छ्रुत्वैतत्परमं स्तवम् ॥ ब्रह्मज्ञेन द्विजेन्द्रेण कश्यपेन समीरितम् ॥१॥ स्निग्धगम्भीरनिर्घोषजीमूत-

प्रभाकर, शम्भु, स्वयम्भू, भूतादि, भूतात्मा, महाभूत, विश्वभुक्, विश्वगोप्ता, विश्वम्भर, पवित्र, हविर्विशारद, हविःकर्मा, अमृतेन्धन, सुरासुरगुरु, महादिदेव, नृदेव, ऊर्ध्वकर्मा, पूतात्मा, अमृतेश, दिवःस्पृक्, विश्वपति, घृताची, अनन्तकर्मा, द्रुहिणवंश, स्ववंश और आप ही विश्वपा कहलाते हैं। आप ही समस्त विश्वका भरण-पोषण करते हैं। आप हम वराभिलाषियोंकी रक्षा करिए ॥ १ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि महापुरुषस्तवे पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामषष्टितमोऽध्यायः ॥ ६८ ॥

(भगवान विष्णु द्वारा देवताओंको वरदान) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! विष्णुभगवान वेदज्ञ तथा द्विजेन्द्र कश्यपके द्वारा की हुई परमार्थसम्पन्न स्तुति सुनकर बहुत प्रसन्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुए। वे मेघगर्जन सदृश गम्भीर वाणीमें देवताओंसे बोले। उस समय आकाशसे दिव्य और सुस्पष्ट वाक्य सुनायी पड़ा, किन्तु कौन बोल रहा है? यह कुछ भी नहीं ज्ञात हो सका। उन परम प्रसन्न सर्वेश्वर विष्णुभगवानने कहा—हे देवगण! मैं तुम सब देवताओंपर बहुत प्रसन्न हूँ। तुम्हारा कल्याण हो। मैं वर देनेके लिए तैयार हूँ। तुम मुझसे अभिलषित वर माँगो ॥ १–४ ॥ महर्षि कश्यप बोले—हे पुरुषोत्तम! जब आप हमपर प्रसन्न हैं तो हम कृतार्थ हो गये। क्योंकि आप ही एकमात्र हमारी गति हैं ॥ ५ ॥ यदि आप हमपर प्रसन्न हों और वरदान देना चाहते हों तो मेरी यही प्रार्थना है कि पुत्ररूपमें अदितिके गर्भसे जन्म लेकर इन्द्रके लघु भ्राता बनिए और अपने अन्यान्य जातिबन्धुओंका आनन्द बढ़ाइए ॥ ६ ॥ वैशम्पायन बोले—महाराज! उसी समय देवमाता अदितिने भी वरार्थिनी होकर भगवानसे कहा—हे देव! मेरी भी यही प्रार्थना है कि देवताओंका कल्याण करनेके

स्वननिःस्वनम् ॥ मनसा प्रीतियुक्तेन विबुधानां महात्मनाम् ॥२॥ उवाच वचनं सम्यग्हृष्टपुष्टपदाक्षरम् ॥ आकाशाच्छुश्रुवे शब्दो दर्शनं नोपलभ्यते ॥
श्रीमान्प्रीतमना देवः प्रोवाच प्रभुरीश्वरः ॥ ३ ॥ विष्णुरुवाच ॥ प्रीतोऽस्मि वः सुरश्रेष्ठाः सर्वे मत्तो विनिश्चयम् ॥ वरं वृणुत भद्रं वो वरदोऽस्मि
सुरोत्तमाः ॥ ४ ॥ कश्यप उवाच ॥ यदैव भगवान्प्रीतः सर्वेषाममरोत्तमः ॥ तदैव कृतकृत्याः स्मः त्वं हि नः परमा गतिः ॥ ५ ॥ यदि प्रसन्नो
भगवान्दातव्यो वा वरो यदि ॥ वासवस्यानुजो भ्राता ज्ञातीनां नन्दिवर्द्धनः ॥ ६ ॥ अदित्यां वामनः श्रीमान्भगवानस्तु वै सुतः ॥ वैशम्पायन
उवाच ॥ अदितिर्देवमाता च एतमेवार्थमुत्तमम् ॥ पुत्रार्थे वरदं प्राह भगवन्तं वरार्थिनी ॥ ७ ॥ अदितिरुवाच ॥ याचे त्वां पुत्राकामा वै भवान्पुत्रो
भवत्विति ॥ निःश्रेयसाय सर्वेषां देवानां हि महात्मनाम् ॥८॥ देवा ऊचुः ॥ भ्राता भर्ता च दाता च शरणं च भवस्व नः ॥ अदित्याः पुत्रतां याते
त्वयि देवाः सवासवाः ॥ देवशब्दं वहिष्यन्ति कश्यपस्यात्मजो भव ॥ ९ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततस्तामब्रवीद्विष्णुर्देवान्कश्यपमेव च ॥ एवं भवतु
भद्रं वो यथेष्टं काममाप्नुत ॥ सर्वेषामेव युष्माकं ये भविष्यन्ति शत्रवः ॥ १० ॥ मुहूर्तमपि ते सर्वे न स्थास्यन्ति ममाग्रतः ॥ हत्वाऽसुरगणा-
न्सर्वान् ये चान्ये देवशत्रवः ॥ ११ ॥ करिष्ये देवताः सर्वा यज्ञभागाग्रभोजिनः ॥ हव्यादांश्च सुरान्सर्वान्कव्यादांश्च पितृनपि ॥ १२ ॥ करिष्ये
विबुधश्रेष्ठाः पारमेष्ठ्येन कर्मणा ॥ यथागतेन मार्गेण निवर्त्तध्वं सुरोत्तमाः ॥ १३ ॥ देवमातुस्तथाऽदित्याः कश्यपस्यामितात्मनः ॥ यथामनीषितं

लिए आप मेरे पुत्र होकर जन्म लीजिए ॥ ७ ॥ ॥ देवता बोले—हे देव! हमारे कल्याणार्थ आप हमारे भ्राता, भर्ता, धाता और रक्षक बनिए। यदि आप देवमाता अदितिके गर्भसे जन्म ले लें तो हमारे देवत्वकी रक्षा हो जाय। अतएव जैसे भी हो, आप महर्षि कश्यपके पुत्र होइए ॥ ९ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर भगवान विष्णुने उन इन्द्रादि देवताओं तथा महर्षि कश्यपसे कहा—तुम्हारी अभिलाषा पूर्ण हो, तुम्हारे जो शत्रु होंगे वे क्षणभर भी मेरे समक्ष टिकनेमें समर्थ न होंगे। मैं असुरों तथा तुम्हारे अन्यान्य शत्रुओंको नष्ट करके तुम्हें फिर यज्ञभागका अग्रभोजी बनाऊँगा। तुम सब हव्य प्राप्त करोगे और पितृगण कव्यके अधिकारी होंगे ॥ १०–१२ ॥ मैं अपने महत्तम पारमेष्ठ्य कर्मसे इन कार्योंको अवश्य सम्पन्न करूँगा। हे देवताओं! अब तुम अपने स्थानोंको लौट जाओ ॥ १३ ॥ मैं महात्मा कश्यप और देवमाता अदितिकी अभिलाषा पूर्ण करूँगा। तुम सब अपने-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने घर लौट जाओ ॥ १४ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! सर्वेश्वर विष्णु भगवानके वचन सुनकर देवता बहुत प्रसन्न हुए और उन सबने अपनी अगाध श्रद्धाके साथ उनकी पूजा की ॥ १५ ॥ तदनन्तर महात्मा विश्वेदेवगण, कश्यप, अदिति, साध्यगण, देवगण और महाबली इन्द्र इन सबने उन परम पवित्र देवादिदेव विष्णुभगवानको प्रणाम किया ॥ १६ ॥ तदनन्तर वे दिव्य प्राची दिशामें विद्यमान महर्षि कश्यपके आश्रमपर गये। देवता ब्रह्मर्षिगणसेवित उस कश्यपाश्रममें पहुँचकर निरन्तर वेदाध्ययन तथा अदितिके गर्भकी कामना करते हुए समय व्यतीत करने लगे ॥ १७ ॥ इधर देवमाता अदितिने अतितेजस्वी एक सहस्र वार्षिक गर्भ धारण किया ॥ १८ ॥ तत्पश्चात् सहस्र वर्ष पूर्ण होनेपर उन्होंने एक पुत्र उत्पन्न किया। वह बालक देवताओंके परित्राण तथा दैत्योंके विनाशका मूल कारण था ॥१९॥ यहाँ तक कि वह बालक तीनों लोकोंके तेजका आदान करता हुआ जिस

कर्ता गच्छध्वं स्वं स्वमालयम् ॥ १४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्ते तु वचने विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ देवाः प्रहृष्टमनसः पूजयन्ति स्म सर्वशः ॥ १५ ॥ विश्वेदेवा महात्मानः कश्यपोऽदितिरेव च ॥ साध्या मरुद्गणाश्चैव शक्रश्चैव महाबलः ॥ नमस्कृत्य सुरेशाय तस्मै देवाय रंहसे ॥ १६ ॥ प्रयाताः प्राग्दिशं दिव्यं विपुलं कश्यपाश्रमम् ॥ गत्वा त आश्रमं तत्र ब्रह्मर्षिगणसेवितम् ॥ चेरुः स्वाध्यायनिरता आदित्या गर्भमीप्सवः ॥ १७ ॥ अदितिर्देवमाता च गर्भं दध्रेऽतितेजसम् ॥ भूतात्मानं महात्मानं दिव्यं वर्षसहस्रकम् ॥ १८ ॥ पूर्णे वर्षसहस्रे तु प्रसूता गर्भमुत्तमम् ॥ सुराणां शरणं देवमसुराणां विनाशनम् ॥ १९ ॥ गर्भस्थेन तु देवेन परित्राताः सुरास्तदा ॥ आददानेन तेजांसि त्रैलोक्यस्य महात्मना ॥ २० ॥ तस्मिञ्जाते तु देवेशे त्रैलोक्यस्य सुखावहे ॥ भयदे दैत्यसंघानां सुराणां नन्दिवर्द्धने ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे एकोनसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ६९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रजानां पतयः सप्त सप्त चैव महर्षयः ॥ तस्य देवस्य जातस्य नमस्कारं प्रचक्रिरे ॥ १ ॥ भरद्वाजः कश्यपो गौतमश्च विश्वामित्रो जमदग्निर्वसिष्ठः ॥ यश्चोदितो भास्करे संप्रणष्टे सोऽप्यत्रात्रिर्भगवानाजगाम ॥ २ ॥ मरीचिरङ्गिराश्चैव पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ॥ दक्षः प्रजापतिश्चैव नमस्कारं प्रचक्रिरे ॥ ३ ॥ और्वो वसिष्ठपुत्रश्च स्तम्बः काश्यप एव च ॥ कपीवानकपीवांश्च दत्तो निश्च्यवनस्तथा ॥ ४ ॥

समय अदितिके गर्भमें आकर स्थित हुआ, उसी समय देवताओंकी रक्षा हो गयी ॥ २० ॥ हे महाराज! त्रिलोकीके सुखदाता, दैत्योंके गर्वहारी और देवानन्दवर्धन भगवानके भूमिष्ठ होनेपर सर्वत्र आनन्दकी छटा छा गयी ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे विष्णुपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायामेकोनसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ६९ ॥

(वामन भगवानके जन्मपर उत्साह) भगवानके भूमिष्ठ होते ही सातों प्रजापतियों और सप्तमहर्षियोंने उनको नमस्कार किया ॥ १ ॥ भरद्वाज, कश्यप, गौतम, विश्वामित्र, जमदग्नि, वसिष्ठ एवं सूर्यके अस्त हो जानेपर जो सूर्यदेवका कार्य सम्पन्न करते हैं, वे महर्षि अत्रि भी वहाँ जा पहुँचे ॥ २ ॥ मरीचि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और दक्षप्रजापतिने भी उस सद्योजात बालकको प्रणाम किया ॥ ३ ॥ और्व, स्तम्ब, काश्यप, कपीवान्, अकपीवान्, दत्त और निश्च्यवन्, इस सातों वसिष्ठपुत्रों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और गार्ग्य, पृथु, जन्य, वामन, देवबाहु, यदुध्र, पर्जन्य, हिरण्यरोमा, वेदशिरा, सप्तनेत्र, विश्व, अतिविश्व, च्यवन, सुधामा, विरजा, अतिनामा और सहिष्णुप्रभृति हिरण्यगर्भ ब्रह्मा तथा और्वके अतितेजस्वी पुत्रोंने भी उस बालकको प्रणाम किया ॥४-७॥ विविध अलंकारोंसे अलंकृत और देदीप्यमान शरीरवाली अप्सरायें नाचने लगीं। गन्धर्वोंकी तूर्यध्वनिसे आकाश प्रतिध्वनित हो उठा ॥८॥९॥ बहुतेरे गन्धर्वोंके साथ तुम्बुरु गन्धर्वने गायन आरम्भ किया। महाश्रुति, चित्रशिरा, ऊर्णायु, अनघ, गोमायु, सूर्यवर्चा, सामवर्चा, युगप, तृणप, कार्ष्णि, नन्दि, त्रिशिरा, चित्ररथ, शालिशिरा, पर्जन्य, कलि, नारद, हाहा, हूहू और महातेजस्वी हंस ये सभी देवता तथा गन्धर्वगण भगवानके जन्मके उपलक्ष्यमें गायन गाने लगे। सर्वाङ्ग-

वसिष्ठपुत्राः सप्तासन्वासिष्ठा इति विश्रुताः ॥ हिरण्यगर्भस्य सुता और्वजाताः सुतेजसः ॥ ५ ॥ गार्ग्यः पृथुस्तथैवान्यो जन्यो वामन एव च ॥ देवबाहुर्यदुध्रश्च पर्जन्यश्चैव सोमजः ॥ ६ ॥ हिरण्यरोमा वेदशिराः सप्तनेत्रस्तथैव च ॥ विश्वोऽतिविश्वश्च्यवनः सुधामा विरजास्तथा ॥ ७ ॥ अतिनामा सहिष्णुश्च नमस्कारमकुर्वत ॥ उद्द्योतमाना वपुषा सर्वाभरणभूषिताः ॥ ८ ॥ उपनृत्यन्ति देवेशं विष्णुमप्सरसां वराः ॥ ततो गन्धर्व-तूर्येषु प्रणदत्सु विहायसि ॥ ९ ॥ बहुभिः सह गन्धर्वैः प्रागायत च तुम्बुरुः ॥ महाश्रुतिश्चित्रशिरा ऊर्णायुरनघस्तथा ॥ १० ॥ गोमायुः सूर्य-वर्चाश्च सोमवर्चाश्च सप्तमः ॥ युगपस्तृणपः कार्ष्णिर्नन्दिश्च त्रिशिरास्तथा ॥ ११ ॥ त्रयोदशः शालिशिराः पर्जन्यश्च चतुर्दशः ॥ कलिः पञ्च-दशश्चात्र तत्रैव तु महीपते ॥ १२ ॥ दश पञ्च त्विमे प्रोक्ता नारदश्चैव षोडशः ॥ हाहा हूहूश्च गन्धर्वौ हंसश्चैव महाद्युतिः ॥१३॥ सर्वे ते देव-गन्धर्वा उपगायन्ति केशवम् ॥ तथैवाप्सरसो हृष्टाः सर्वालङ्कारभूषिताः ॥ १४ ॥ वपुष्मन्तः सुजघनाः सर्वाङ्गशुभदर्शनाः ॥ ननृतुश्च महाभागा जगुश्चायतलोचनाः ॥ १५ ॥ सुमध्याश्चारुमध्याश्च प्रियमुख्यो वरानना ॥ अनूकाऽथ तथा जामी मिश्रकेशी त्वलम्बुषा ॥ १६ ॥ मरीचिशुचिकाश्चैव विद्युत्पूर्णा तिलोत्तमा ॥ अद्रिका लक्षणा चैव रम्भा तद्वन्मनोरमा ॥ १७ ॥ असिता च सुबाहुश्च सुप्रिया सुभगा तथा ॥ उर्वशी चित्रलेखा च सुग्रीवा च सुलोचना ॥१८॥ पुण्डरीका सुगन्धा च सुरथा च प्रमाथिनी ॥ नन्दा शारद्वती चैव तथान्यास्तत्र संघशः ॥ १९ ॥ मेनका सहजन्या च पर्णिका पुञ्जिकस्थला ॥ एताश्चाप्सरसोऽन्याश्च प्रनृत्यन्ति सहस्रशः ॥२०॥ धाताऽर्यमा च मित्रश्च वरुणोंऽशो भगस्तथा ॥ इन्द्रो विवस्वान्पूषा च त्वष्टा च सविता तथा ॥२१॥ कथितो विष्णुरित्येवं काश्यपेयो गणस्तथा ॥ इत्येते द्वादशादित्या ज्वलन्तः सूर्यवर्चसः ॥२२॥ चक्रुस्तस्य सुरे-

सुन्दरी, सर्वालङ्कारसुशोभिता, मनोमोहक रूपवती एवं विशाललोचना अप्सरायें नृत्य करने लगीं ॥ १०-१५ ॥ सुमध्या, चारुमध्या, प्रियमुख्या, वरानना, अनूका, यामी, मिश्रकेशी, अलम्बुषा, मरीचि, शुचिका, विद्युत्पूर्णा, तिलोत्तमा, अद्रिका, लक्षणा, रम्भा, मनोरमा, असिता, सुबाहु, सुप्रिया, सुभगा, उर्वशी, चित्रलेखा, सुग्रीवा, सुलोचना, पुण्डरीका, सुगन्धा, सुरथा, प्रमाथिनी, नन्दा, शारद्वती, मेनका, सहजन्या, पर्णिका, पुञ्जिकस्थला एवं अन्यान्य हजारों अप्सराओंने भी नृत्य-गीत आरम्भ कर दिया ॥१६-२०॥ अग्नितुल्य तेजस्वी तथा प्रज्वलितरूप-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सम्पन्न धाता, अयमा, पूषा, मित्र, वरुण, अंश, भग, इन्द्र, विवस्वान्, त्वष्टा, सविता एवं विष्णु कश्यपतनय ये द्वादश आदित्यगण भी उस नवजात बालकको नमस्कार करने लगे। मृगव्याध, सर्प, महाबली निर्ऋति, अजैकपाद्, अहिर्बुध्न्य, अपराजित पिनाकी, दहन, ईश्वर, कपाली, स्थाणु और भग ये एकादश रुद्र भी वहाँ आकर खड़े थे। दोनों अश्विनीकुमार, अष्टवसु, महाबली मरुद्गण, विश्वेदेव और साध्यगण, ये सब देवता हाथ जोड़कर उस स्थानपर उपस्थित थे ॥२?–२५॥ वासुकी, कच्छप, अपहर्ता, महाबली तक्षक ये अधृष्य तेजस्वी, महाक्रोधी एवं महाबली नाग भी हाथ जोड़कर खड़े थे। तार्क्ष्य, अरिष्टनेमि, महाबली गरुड़, अरुण और आरुणि आदि विनताके पुत्र भी हाथ जोड़े खड़े थे। तब लोककर्ता तथा लोकपितामह ब्रह्माजी स्वयं सब महापुरुषोंके साथ वहाँ उपस्थित होकर बोले—॥ २६–२९ ॥ जिनसे सब लोकोंकी उत्पत्ति होती है, वे प्रभविष्णु सनातन पुरुष जब स्वयं यहाँ उत्पन्न हुए हैं, तब इन

शस्य नमस्कारं महात्मनः ॥ मृगव्याधश्च सर्पश्च निर्ऋतिश्च महाबलः ॥ २३ ॥ अजैकपादहिर्बुध्न्यः पिनाकी चापराजितः ॥ दहनोऽथेश्वरश्चैव
कपाली च विशांपते ॥ २४ ॥ स्थाणुर्भगश्च भगवान्रुद्रास्तत्रावतस्थिरे ॥ अश्विनौ वसवश्चाष्टौ मरुतश्च महाबलाः ॥ २५ ॥ विश्वेदेवाश्च साध्याश्च
तस्य प्राञ्जलयः स्थिताः ॥ शेषानुजा महाभागा वासुकिप्रमुखास्तथा ॥ २६ ॥ कच्छपश्चापहर्त्ता च तक्षकश्च महाबलः ॥ अधृष्टास्तेजसा युक्ता
महाक्रोधा महाबलाः ॥२७॥ एते नागा महात्मानस्तस्मै प्राञ्जलयः स्थिताः ॥ तार्क्ष्यश्चारिष्टनेमिश्च गरुडश्च महाबलः ॥ २८ ॥ अरुणश्चारुणिश्चैव
वैनतेया ह्युपस्थिताः ॥ पितामहश्च भगवान्स्वयमागम्य लोककृत् ॥ प्राह चैवं गुरुः श्रीमान्सह सर्वैर्महात्मभिः ॥२९॥ ब्रह्मोवाच ॥ यस्मात्प्रसूयते लोकः
प्रभविष्णुः सनातनः ॥ तस्माल्लोकेश्वरः श्रीमान्विष्णुरेव भवत्वयम् ॥ ३० ॥ एवमुक्त्वा तु भगवान्सार्द्धं देवर्षिभिः प्रभुः ॥ नमस्कृत्वा सुरेशाय जगाम
त्रिदिवं पुनः ॥३१॥ स तु जातः सुरेशानः कश्यपस्यात्मजः प्रभुः ॥ नवदुर्दिनमेघाभो रक्ताक्षो वामनाकृतिः ॥ ३२ ॥ श्रीवत्सेनोरसि श्रीमान्रोमजातेन
राजता ॥ उत्फुल्ललोचनाः सर्वाः पश्यन्त्यप्सरसस्तदा ॥३३॥ दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता ॥ यदि भाः सदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महा-
त्मनः ॥३४॥ सुरर्षिप्रतिमः श्रीमान्भूर्भुवो भूतभावनः ॥ शुचिरोमा महास्कन्धः सर्वतेजोमयः प्रभुः ॥ ३५ ॥ या गतिः पुण्यकीर्तीनामगतिः पाप-

लोकेश्वर भगवानका 'विष्णु' नामकरण ही उचित है ॥ ३० ॥ यह कहकर ब्रह्माजी देवर्षियोंके साथ उन सुरेश्वरको प्रणाम करके स्वर्गको चले गये ॥३१॥ देवादिदेव भगवान विष्णुने इस प्रकार महर्षि कश्यपके पुत्ररूपमें जन्म लिया। देखनेमें उनकी वामनाकृति थी और उनके शरीरकी कान्ति नवदुर्दिनयुक्त मेघ जैसी थी ॥३२॥ उनकी छातीपर श्रीवत्समणि तथा मस्तकपर सुन्दर रोमावली विद्यमान थी। वहाँ उपस्थित सभी अप्सरायें विस्मयविकसित नयनोंसे उन्हें निहार रही थीं ॥ ३३ ॥ आकाशमें यदि हजार सूर्य एक साथ उदित हो जायँ और उनसे जो तेज प्रगट हो, उसी तेजके तुल्य उस बालकका तेज था ॥ ३४ ॥ भूर्भुवःस्वरूप और भूतभावन देवर्षिसदृश उन भगवानका वक्षःस्थल तथा कन्धा विशाल था और उनका सर्वाङ्ग-सुन्दर रोमराजिसे अलंकृत था। उन प्रभुमें सभी तेजोंका समावेश था ॥३५॥ जो पुण्यात्माओंकी एकमात्र गति तथा पापियोंके लिए अधोगति हैं और योगसिद्ध महात्मा जिन्हें योगेश्वर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मानते हैं ॥३६॥ अणिमा-महिमा आदि आठों ऐश्वर्य जिन्हें सुलभ थे, जिन्हें लोग देवसत्तम मानते हैं, मोक्षाभिलाषी एवं जितेन्द्रिय ब्राह्मणगण जिन्हें प्राप्त करके जन्म-मृत्युके बन्धनसे छुटकारा पा जाते हैं, जो सभी आश्रमवासियोंके तपस्यास्वरूप हैं ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ यताहारी यतिगण जिनका आश्रय लेकर अतिकठोर व्रतोंका पालन करते हैं, शेषप्रभृति नागगण नागोंमें सहस्रशीर्ष तथा रक्ताक्ष अनन्तदेव कहकर जिनकी सेवा करते हैं ॥३९॥ स्वर्गाभिलाषी द्विजेन्द्रगण जिन्हें यज्ञ कहकर याग करते हैं, जो सर्वव्यापी होते हुए भी अद्वितीयरूपसे सर्वत्र विद्यमान रहते हैं, समस्त वेद जिन्हें एकमात्र वेत्ता तथा यज्ञभागदाता कहकर कीर्तन करते हैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ जो वृषार्चि हैं, चन्द्रमा और सूर्य जिनके नेत्र हैं तथा आकाश जिनका शरीर है, वे विभु सब कुछ जानते हुए भी केवल योगबलसे बालरूप स्वीकार करके देवताओंको सम्बोधित करते हुए बाले—हे सुरगण ! मुझे आपका कौनसा कार्य सिद्ध करना

कर्मणाम् ॥ योगसिद्धा महात्मानो यं विदुर्योगमुत्तमम् ॥३६॥ यस्याष्टगुणमैश्वर्यं यमाहुर्देवसत्तमम् ॥ यं प्राप्य शाश्वतं विप्रा नियता मोक्षकांक्षिणः
॥ ३७ ॥ जन्मनो मरणाच्चैव मुच्यन्ते भवभीरवः ॥ यदेतत्तप इत्याहुः सर्वाश्रमनिवासिनः ॥ ३८ ॥ सेवन्ते यं यताहारा दुश्चरं व्रतमास्थिताः ॥
योऽनन्त इति नागेषु सेव्यते सर्वभोगिभिः ॥ ३९ ॥ सहस्रमूर्धा रक्ताक्षः शेषादिभिरनुत्तमैः ॥ यो यज्ञ इति विप्रेन्द्रैरिज्यते स्वर्गलिप्सुभिः ॥४०॥
नानास्थानगतः श्रीमानेकः कविरनुत्तमः ॥ यं वेदा यान्ति वेत्तारं यज्ञभागप्रदायिनम् ॥ ४१ ॥ वृषार्चिश्चन्द्रसूर्याक्षं देवमाकाशविग्रहम् ॥ स प्राह
त्रिदशान्सर्वान्वाचा वै परया विभुः ॥ ४२ ॥ जानन्नपि महातेजा गतो योगेन बालताम् ॥ किं करोमि सुरश्रेष्ठाः कं वरं च ददामि वः ॥ ४३॥
यत्कांक्षितं वै सर्वेषां तद्वै ब्रूत मुदा युताः ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा वामनस्य महात्मनः ॥ ४४ ॥ सर्वे ते हृष्टमनसो देवाः कश्यपनन्दनम् ॥ ऊचुः
प्राञ्जलयो विष्णुं सुराः शक्रपुरोगमाः ॥४५॥ ब्रह्मणो वरदानेन हृतं नो निखिलं जगत् ॥ तपसा महता चैव विक्रमेण दमेन च ॥ ४६ ॥ बलिना
दैत्यमुख्येन सर्वज्ञेन महात्मना ॥ अवध्यः किल सोऽस्माकं सर्वेषां देवसत्तम ॥ ४७ ॥ भवान्प्रभवते तस्य नान्यः कश्चन सुव्रत ॥ तत्प्रपद्यामहे सर्वे
भवन्तं शरणार्थिनः ॥ शरण्यं वरदं देवं सर्वदेवभयापहम् ॥ ४८ ॥ ऋषीणां च हितार्थाय लोकानां च सुरेश्वर ॥ प्रियार्थं च तथादित्याः कश्यपस्य
तथैव च ॥४९॥ कव्यं पितॄणामुचितं सुराणां हव्यमुत्तमम् ॥ प्रवर्तेत महाबाहो यथापूर्वं सुरोत्तम ॥५०॥ आनृण्यार्थं सुरेशस्य वासवस्य महात्मनः ॥

होगा ? आप मुझसे क्या वरदान चाहते हैं ? ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ आप लोग जो चाहते हों, वह प्रसन्नतापूर्वक बताइये । महात्मा वामनके वचन सुनकर इन्द्रादि देवता बहुत प्रसन्न हुए और हाथ जोड़कर कहने लगे—भगवन् ! सर्वज्ञानसम्पन्न दैत्यराज बलिने अपने तपोबलसे ब्रह्माजीके द्वारा वर प्राप्त करके महाबली और परम पराक्रमी होकर हमारे तीनों लोकोंका राज्य छीन लिया है । वह हम लोगोंके हाथों अवध्य है ॥ ४४–४७ ॥ आपके सिवाय उसे और कोई परास्त नहीं कर सकता । इसी कारण हम आपकी शरणमें आये हैं । क्योंकि आप शरणागतप्रतिपालक, वरदायक और सब जीवोंके अभयदाता हैं ॥ ४८ ॥ अब आप सभी लोकों, ऋषियों, माता अदिति तथा महर्षि कश्यपका उपकार करनेके लिए पितरोंके चिरलभ्य कव्य एवं हमारे अभिलषित हव्यभागका हमको अधिकारी बनाइए ॥ ४९ ॥ ५० ॥ हमारे इन महात्मा देवराज इन्द्रको आप फिर त्रिलोकीके राज्यपर प्रतिष्ठित करिए । सदासे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जो परम्परा चली आ रही थी, वह प्राचीन प्रथा पुनः प्रचलित हो जानी चाहिए ॥ ५१ ॥ दैत्यराज बलि इस समय अश्वमेध यज्ञ कर रहा है। अतएव इस समय जो आवश्यक कर्तव्य हो, उसका निर्धारण आप स्वयं करिए ॥ ५२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७० ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! देवताओंके वचन सुनकर वामनरूपधारी विष्णु भगवानने उन्हें ढाढ़स बँधाकर कहा—॥ १ ॥ महर्षि अंगिराके वेदपारदर्शी पुत्र भगवान् बृहस्पति राजा बलिके यज्ञमें मुझे ले चलें ॥२॥ वहाँ पहुँचकर मैं त्रिलोकीका राज्य लौटानेके लिए उचित उपाय सोचूँगा ॥३॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! इसके बाद देवगुरु श्रीमान् बृहस्पति उन वामन भगवानको बुद्धिमान् दैत्यराज बलिकी यज्ञभूमिको ले चले ॥४॥ उस समय वामन भगवानके गलेमें मुंजमेखला तथा यज्ञोपवीत, हाथमें पालाशदण्ड, मृगचर्म एवं छत्र

प्रत्यानय महेन्द्रस्य त्रैलोक्यमिदमव्ययम् ॥५१॥ क्रतुना वाजिमेधेन यजते स हि दानवः ॥ यत्प्रत्यानयने युक्तं लोकानां तद्विचिन्तय ॥ ५२ ॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्तस्तदा देवैर्विष्णुर्वामनरूपधृक् ॥ प्रहर्षयन्नुवाचाथ सर्वान्देवानिदं वचः ॥ १ ॥ विष्णुरुवाच ॥ तस्य यज्ञप्रकाशं मां महर्षिर्वेदपारगः ॥ बृहस्पतिर्महातेजा नयत्वङ्गिरसः सुतः ॥२॥ तस्याहं समनुप्राप्तो यज्ञवाटं सुरोत्तमाः ॥ विचरिष्ये यथायुक्तं त्रैलोक्यहरणाय वै ॥ ३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततो बृहस्पतिर्धीमाननयद्वामनं प्रभुम् ॥ यज्ञवाटं महातेजा दानवेन्द्रस्य धीमतः ॥ ४ ॥ मौञ्जी यज्ञोपवीती च छत्री दण्डी ध्वजी तथा ॥ वामनो धूम्ररक्ताक्षो भगवान्बालरूपधृक् ॥ ५ ॥ तं गत्वा यज्ञवाटं च ब्रह्मर्षिगणसंकुलम् ॥ आत्मना चैव भगवान्वर्णयामास तं क्रतुम् ॥ ६ ॥ लोकेश्वरेश्वरः श्रीमान्सुरैर्ब्रह्मपुरोगमैः ॥ अध्यास्यमानो भगवानवृद्धोऽप्यथ वृद्धवत् ॥ ७ ॥ दानवाधिपतेस्तस्य बलेर्वैरोचनस्य च ॥ यज्ञवाटमचिन्त्यात्मा जगाम सुरसत्तमः ॥ ८॥ पालितोऽपि हि दैतेयः सांग्रामिकपरिच्छदैः ॥ द्वारे दानवसंबाधे सहसैव विवेश ह ॥ ९ ॥ ऋषिभिश्चैव मन्त्राद्यैः सर्वतः परिवारितम् ॥ दैत्यदानवराजेन्द्रमुपतस्थे बलिं बली ॥ १० ॥ वर्णयित्वा यथान्यायं यज्ञं यज्ञः सनातनः ॥ विस्तरेण नरश्रेष्ठ प्रयोगैर्विविधैस्तथा ॥ ११ ॥ शुक्रादीनृत्विजश्चापि यज्ञकर्मविचक्षणान् ॥ सर्वानेव निजग्राह चकार च निरुत्तरान् ॥ १२ ॥ आराद्थ

विद्यमान था। उनके नेत्र धूम्र तथा रक्तवर्ण थे। उस समय वे बालरूपमें थे ॥ ५ ॥ यद्यपि वे वृद्ध न होकर बालक थे, तथापि ब्रह्मादि देवता उन्हें वृद्ध जैसे समझकर उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। इस प्रकार वे वामनरूपधारी भगवान् दैत्यराज बलिकी यज्ञशालामें पहुँचे। वहाँ पहुँचकर उन्होंने उस यज्ञकी सराहना की, यद्यपि संग्रामकालीन वेश-भूषासे सुसज्जित सैकड़ों दैत्य द्वारदेशकी रक्षाके लिए नियुक्त थे और वहाँ दर्शकोंकी अपार भीड़ थी, तथापि बिना किसी बाधाके उन सबके बीचसे होते हुए यज्ञशालामें पहुँच ही गये ॥ ६–९ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि मंत्रपारदर्शी ऋत्विक्गण दैत्यराज बलिके चारों ओर बैठे हुए हैं और समस्त यज्ञशाला ब्रह्मर्षियोंसे भरी हुई है ॥ १० ॥ वामनदेव वहाँ जाकर आत्मा ही यज्ञका रूप है, यह कहकर यज्ञकी व्याख्या करने लगे। तदनन्तर यज्ञकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए क्रमशः यज्ञानुष्ठानके विविध प्रयोगोंकी बातका उल्लेख करके शुक्राचार्यप्रभृति ऋत्विक्गणोंको

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

निरुत्तर तथा अप्रतिभ कर दिया ॥ ११ ॥ १२ ॥ इसके बाद उन्हीं ऋत्विक्सभासदोंके बीच और दैत्यराज बलिके समक्ष ही अतिशय गूढ़ वैदिक हेतुवादका प्रदर्शन करके 'आत्मा ही यज्ञ है' यह बात उन्होंने सप्रमाण सिद्ध कर दी ॥ १३ ॥ हे महाराज ! इसके बाद उन्होंने वेदोंके अनेक गुप्त प्रमाणोंसे अपने कथनका समर्थन किया ॥ १४ ॥ एक नन्हेंसे बालकके समक्ष वृद्धतम उपाध्यायों समेत सब ऋषिगण निरुत्तर हो गये। यह देखकर दैत्यराज बलिके आश्चर्यका ठिकाना नहीं रहा । तब विरोचनतनय राजा बलि मस्तकपर अञ्जलि बाँधकर सादर सम्भाषण करते हुए बोले—॥१५॥१६॥ बालक! तुम कौन हो और किसके पुत्र हो ? तुम कहाँसे आ रहे हो ? यहाँ किस लिए आये हो ? ऐसा ज्ञानवान् ब्राह्मण तो आज तक मैंने कभी देखा ही नहीं ॥१७॥ विशेष करके एक बालककी ऐसी बुद्धि, ऐसा विज्ञान, ऐसा शिष्टाचार, ऐसा अनूप रूप एवं ऐसी मधुर मूर्ति तो मैंने कभी देखी ही नहीं थी ॥ १८ ॥ देवता, ऋषि, नाग, यक्ष, असुर, राक्षस, पितर, सिद्धगण और गन्धर्व किसीका भी पुत्र ऐसा नहीं होता । अस्तु, जो भी हो, मैं आपको प्रणाम करता हूँ । अब कृपा करके यह बताइए कि मैं

बलेस्तस्य ऋत्विजामभितस्तथा ॥ यज्ञमात्मानमेवासौ हेतुभिः कारणं विभुः ॥ १३ ॥ वैदिकैरप्रकाशैश्च पुनरप्यथ भारत ॥ प्रत्यक्षमृषिसङ्घानां वर्णयामास चित्रगुः ॥ १४ ॥ ततो निरुत्तरान्दृष्ट्वा सोपाध्यायानृषींश्च तान् ॥ अवृद्धेनापि वृद्धांस्तान्वामनेन महौजसा ॥ १५॥ अद्भुतं चापि मेने स विरोचनसुतो बली ॥ मूर्ध्ना कृताञ्जलिश्चेदमब्रवीद्विस्मितो वचः ॥ १६ ॥ कुतस्त्वं कोऽसि कस्यासि किं तेहास्ति प्रयोजनम् ॥ नैवंविधः परिज्ञातो दृष्टपूर्वो मया द्विजः ॥१७॥ बालो मतिमतां श्रेष्ठो ज्ञानविज्ञानकोविदः ॥ शिष्टवाग्रूपसंपन्नो मनोज्ञः प्रियदर्शनः ॥ १८ ॥ नेदृशाः सन्ति देवाना-मृषीणामपि सूनवः ॥ न नागानां च यक्षाणां नासुराणां न रक्षसाम् ॥१९॥ न पितॄणां न सिद्धानां गन्धर्वाणां तथैव च ॥ योऽसि सोऽसि नमस्तेऽस्तु ब्रूहि किं करवाणि ते ॥२०॥ वैशम्पायन उवाच ॥ उक्त एवं ह्यचिन्त्यात्मा बलिना वामनस्तदा ॥ प्रोवाचोपायतत्त्वज्ञः स्मितपूर्वमिदं वचः ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे एकसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७१ ॥

विष्णुरुवाच ॥ अहो यज्ञोऽसुरेशस्य बहुभक्षः सुसंस्कृतः ॥ पितामहस्येव पुरा यजतः परमेष्ठिनः ॥ १ ॥ सुरेशस्य च शक्रस्य यमस्य वरुणस्य च ॥ विशेषितस्त्वया यज्ञो दानवेन्द्र महाबल ॥ २ ॥ यजता वाजिमेधेन क्रतूनां प्रवरेण तु ॥ सर्वपापविनाशाय त्वया स्वर्गप्रदर्शिना ॥ ३ ॥

आपकी किस आज्ञाका पालन करूँ ? ॥ १९ ॥ २० ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! राजा बलिके ऐसा कहनेपर अचिन्त्यात्मा और उपायतत्त्वज्ञ वामनदेव तनिक मुसकाकर बोले ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७१ ॥

(वामन भगवानका बलिसे तीन पग भूमि माँगना) वामनरूपधारी विष्णुभगवान बोले—हे दैत्यराज ! आपने बहुत उत्तम यज्ञका आयोजन किया है । आहारसामग्री भी खूब जुटाई गयी है । पूर्वकालमें पितामह ब्रह्माने जिस प्रकार यज्ञानुष्ठान किया था, आप भी उसी प्रकार यह यज्ञ कर रहे हैं ॥ १ ॥ देवराज इन्द्र, यम और वरुणने भी कभी ऐसा यज्ञ नहीं किया था । हे महाबली दानवेन्द्र ! आपका यज्ञ सबसे उत्कृष्ट है ॥२॥ सब यज्ञोंमें श्रेष्ठ अश्वमेध यज्ञका अनुष्ठान करनेसे पापका लेश भी अवशिष्ट नहीं रह जाता और स्वर्गप्राप्ति सरल

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो जाती है ॥ ३ ॥ वेदज्ञ विद्वानोंका कथन है कि अश्वमेध यज्ञ करनेसे सभी कामनायें पूर्ण हो जाती हैं । इसी कारण अश्वमेध यज्ञ सब यज्ञोंका मूल कहा गया है ॥ ४ ॥ सुवर्ण-शृंग, लौहक्षुर, सत्यनेत्र तथा पवनवेगयुक्त, सुवर्णसदृश गौरवर्ण एवं विश्वयोनि अश्वमेध यज्ञ अतिशय पवित्र कार्य है ॥ ५ ॥ अश्वमेध यज्ञ करके मनुष्य बड़ेसे बड़े पापसे छुटकारा पा जाते हैं । बड़े-बड़े वेदज्ञ विद्वान् अश्वमेध यज्ञको अग्निस्वरूप कहकर इसकी सराहना करते हैं ॥ ६ ॥ जैसे सब आश्रमोंमें गृहस्थाश्रम उत्तम होता है, जैसे सब वर्णोंमें ब्राह्मण वर्ण श्रेष्ठ होता है और जैसे सब असुरोंमें आप श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार सब यज्ञोंमें अश्वमेध यज्ञ श्रेष्ठ है ॥ ७ ॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज ! वामनभगवानके वचन सुनकर दैत्यपति बलि बहुत प्रसन्न हुआ और उसने कहा—विप्रवर ! आप किसके पुत्र हैं ? आप क्या चाहते हैं ? आप जो माँगेंगे, मैं आपको वही दूँगा । आप संकोच त्यागकर माँगिए । आपकी

सर्वकाममयो ह्येष सम्मतो ब्रह्मवादिनाम् ॥ क्रतूनां प्रवरः श्रीमानश्वमेध इति श्रुतिः ॥४॥ सुवर्णशृङ्गो हि महानुभावो लोहक्षुरो वायुजवो महास्यः ॥ स्वर्गेक्षणः काञ्चनगर्भगौरः स विश्वयोनिः परमो हि मेध्यः ॥ ५ ॥ आस्थाय वै वाजिनमश्वमेधमिष्ट्वा नरा दुष्कृतमुत्तरन्ति ॥ आहुश्च यं वेदविदो द्विजेन्द्रा वैश्वानरं वाजिनमश्वमेधम् ॥ ६ ॥ यथाऽऽश्रमाणां प्रवरो गृहाश्रमो यथा नराणां प्रवरा द्विजातयः ॥ यथाऽसुराणां प्रवरो भवानिह तथा क्रतूनां प्रवरोऽश्वमेधः ॥ ७ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एतच्छ्रुत्वा तु वचनं वामनेन समीरितम् ॥ मुदा परमया युक्तः प्राह दैत्यपतिर्बलिः ॥ ८ ॥ बलिरुवाच ॥ कस्यासि ब्राह्मणश्रेष्ठ किमिच्छसि ददामि ते ॥ वरं वरय भद्रं ते यथेष्टं काममाप्नुहि ॥ ९ ॥ वामन उवाच ॥ न राज्यं न च यानानि न रत्नानि न च स्त्रियः ॥ कामये यदि तुष्टोऽसि धर्मे च यदि ते मतिः ॥१०॥ गुर्वर्थं मे प्रयच्छस्व पदानि त्रीणि दानव ॥ त्वमग्निशरणार्थाय एष मे प्रवरो वरः ॥ वामनस्य वचः श्रुत्वा प्राह दैत्यपतिर्बलिः ॥११॥ बलिरुवाच ॥ त्रिभिः किं तव विप्रेन्द्र पदैः प्रवदतां वर ॥ शतं शतसहस्राणां पदानां मार्गतां भवान् ॥१२॥ शुक्र उवाच ॥ मा ददस्व महाबाहो न त्वं वेत्सि महासुर ॥ एष मायाप्रतिच्छन्नो भगवान्प्रवरो हरिः ॥ १३ ॥ वामनं रूपमास्थाय शक्रप्रियहितेप्सया ॥ त्वां वञ्चयितुमायातो बहुरूपधरो विभुः ॥ १४ ॥ एवमुक्तः स शुक्रेण चिरं संचिन्त्य वै बलिः ॥ प्रहर्षेण समा-

कामना पूर्ण की जायगी ॥ ८ ॥ ९ ॥ वामनभगवान बोले—दानवराज ! मैं आपसे राज्य, यान (सवारी), रत्न तथा सर्वाङ्गसुन्दरी स्त्री नहीं माँगना चाहता । आप यदि मुझपर प्रसन्न हों और यदि यथार्थमें आपकी धर्ममें रुचि हो तो मेरी आपसे एकमात्र यही प्रार्थना है कि मुझे मेरे गुरुके लिए और मेरी अग्निरक्षाके निमित्त आप मुझे केवल तीन पग भूमि प्रदान कर दीजिए । वामन भगवानके वचन सुनकर दैत्यराज बलिने कहा—॥ १० ॥ ११ ॥ हे वाग्मिवर ! केवल तीन पग पृथिवीसे आपको क्या लाभ होगा ? आप मुझसे एक करोड़ पग भूमि माँगिए । मैं आपकी इच्छा पूर्ण करूँगा ॥ १२ ॥ उसी समय शुक्राचार्य कहने लगे—हे महाबाहो ! आप इसे भूमिदान कदापि न दीजिए । क्योंकि आप इसे भलीभाँति नहीं जानते । यह कपटवेशधारी बहुरूपिया विष्णु है । यह देवराज इन्द्रका हितसाधन करनेके लिए आपको ठगने आया है ॥ १३ ॥ १४ ॥ शुक्राचार्यके ऐसा कहनेपर राजा बलिने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देरतक उनकी बातपर विचार करके सोचा कि 'इनसे बढ़कर उत्तम पात्र और कौन मिलेगा'। यह विचार आते ही उसका शरीर पुलकित हो उठा और हड़बड़ीके साथ स्वर्णभृंगार (सोनेकी झारी) हाथमें लेकर राजा बलिने कहा—हे द्विजेन्द्र! आप पूर्वाभिमुख होकर बैठ जाइए। मैं आपकी प्रार्थना पूर्ण करनेको उद्यत हूँ ॥१५॥१६॥ वामन बोले—मैं बैठ गया। बलिने कहा—अच्छा, अब माँगिए। वामन बोले—दीजिए। बलिने कहा—क्या दूँ? वामन बोले—भूमि। बलिने कहा—कितनी भूमि? वामन बोले—केवल तीन पग। बलिने कहा—दे दिया। वामन भगवान बोले—तो हाथमें जल लेकर संकल्प करिए और कहिए कि आप अपनी बातसे न हटेंगे ॥ १७ ॥ शुक्राचार्य बोले—दैत्यराज! आप दान न दीजिए। राजा बलिने कहा—क्यों? शुक्राचार्य बोले—मैं इसे भलीभाँति जानता हूँ। राजा बलिने कहा—यह कौन है? शुक्राचार्य बोले—यह विष्णु है। राजा बलिने कहा—तब तो बड़ी प्रसन्नताकी बात है। शुक्राचार्य बोले—तो आप ठगा गये। दैत्यराजने कहा—नहीं, मैं नहीं ठगाया ॥ १८ ॥ शुक्राचार्य बोले—क्यों नहीं? राजा बलिने कहा—जब जगत्पति विष्णु स्वयं मेरे

युक्तः किमतः पात्रमिष्यते ॥१५॥ प्रगृह्य हस्ते संभ्रान्तो भृङ्गारं कनकोद्भवम् ॥ बलिरुवाच ॥ विप्रेन्द्र प्राङ्मुखस्तिष्ठ स्थितोऽस्मि कमलेक्षण ॥१६॥ प्रतीच्छ देहि किं भूमिं किं मात्रा भोः पदत्रयम् ॥ दत्तं च पातय जलं नैव मिथ्या भवेद्गुरुः ॥१७॥ शुक्र उवाच ॥ भो न देयं कुतो दैत्यो विज्ञातोऽयं मया ध्रुवम् ॥ कोऽयं विष्णुरहो प्रीतिर्वञ्चितस्त्वं न वञ्चितः ॥१८॥ कथं स नाथोऽयं विष्णुर्यज्ञे स्वयमुपस्थितः ॥ दास्यामि देवदेवाय यद्यदिच्छत्ययं विभुः ॥१९॥ को वान्यः पात्रभूतोऽस्माद्विष्णोः परतरो भवेत् ॥ एवमुक्त्वा बलिः शीघ्रं पातयामास वै जलम् ॥२०॥ वामन उवाच ॥ पदानि त्रीणि दैत्येन्द्र पर्याप्तानि ममानघ ॥ यन्मया पूर्वमुक्तं हि तत्तथा न तदन्यथा ॥ २१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्येतद्वचनं श्रुत्वा वामनस्य महौजसः ॥ कृष्णाजिनोत्तरीयं स कृत्वा वैरोचनिस्तदा ॥२२॥ एवमस्त्विति दैत्येशो वाक्यमुक्त्वाऽरिसूदनः ॥ ततो वारिसमापूर्णं भृङ्गारं स परामृशत् ॥ २३ ॥ वामनो ह्यसुरेन्द्रस्य चिकीर्षुः कदनं महत् ॥ क्षिप्रं प्रसारयामास दैत्यक्षयकरं परम् ॥ २४ ॥ प्राङ्मुखश्चापि दैत्येशस्तस्मै सुमनसा जलम् ॥ दातुकामः करे यावत्तावत्तं प्रत्यषेधयत् ॥२५॥ तस्य तद्रूपमालोक्य ह्यचिन्त्यं च महात्मनः ॥ अभूतपूर्वं च हरेर्जिहीर्षोः श्रियमासुरीम् ॥२६॥

यज्ञमें आये हुए हैं। तब वे मुझसे जो माँगेंगे, मैं उन्हें वही वस्तु प्रदान करूँगा। भगवान विष्णुकी अपेक्षा दानके लिए उपयुक्त पात्र और कौन होगा? ऐसा कहकर राजा बलिने तत्काल दान देनेके लिए जल हाथमें लेकर पृथिवीपर गिरा दिया ॥ १९ ॥ २० ॥ वामन भगवान बोले—हे पुण्यात्मन्! आपको मुझे मेरी इच्छित तीन पग भूमि देनी ही होगी। पहले जो बात स्वीकार कर चुके हैं, उससे मुकरिएगा नहीं ॥ २१ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! विरोचनतनय राजा बलिने महान् ओजस्वी वामन भगवानके वचन सुनकर कृष्ण मृगचर्मका उत्तरीय ओढ़ा और 'आपकी इच्छा पूर्ण होगी' यह कहकर जलसे भरी झारी हाथमें ले ली ॥ २२ ॥ उस समय वामन भगवानने दैत्यराज बलिको नीचा दिखानेके विचारसे अपना दैत्यक्षयकारी हाथ पसार दिया ॥ २३ ॥ पूर्वाभिमुख बैठकर राजा बलि प्रसन्नतापूर्वक ज्यों ही वामन भगवानके हाथमें जल देनेको उद्यत हुए, उसी समय इङ्गितज्ञ तथा प्रज्ञावान् प्रह्लाद उन अचिन्त्यशक्तिसम्पन्न एवं दैत्यलक्ष्मीका अपहरण करनेके लिए उद्यत वामन भगवानका अलौकिक रूप देखकर राजा बलिको दान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करनेसे रोकते हुए कहा—दैत्यराज ! आप इस वामनवटुके हाथपर जल न डालिए ॥ २४–२७ ॥ पूर्वकालमें जिसने आपके प्रपितामह हिरण्यकशिपुका वध किया था, वही यह महाबुद्धिमान् विष्णु है । इस समय यह आपको धोखा देकर ठगने आया है ॥ २८ ॥ दैत्यराज बलिने कहा—मैं इन्हें दान अवश्य दूँगा । क्योंकि ब्रह्माजीसे भी श्रेष्ठ ऐसा अनुकूल पात्र मैं और कहा पाऊँगा ? विशेष करके मैं इस समय यज्ञकी दीक्षा लिये हुए हूँ । अतएव इनको दान देना मेरा आवश्यक कर्तव्य है ॥ २९ ॥ ३० ॥ असुर-समुदायके मध्य राजा बलि ऐसा कहकर उन आदिदेव वामन भवानको तीन पग पृथिवीका दान देने लगे ॥ ३१ ॥ प्रह्लादने कहा—हे दानवेश्वर ! आप इस विप्रको दान मत दीजिए । मुझे अच्छी तरह मालूम है कि यह ब्राह्मणबालक नहीं है । किसी भी ब्राह्मणबालकका स्वरूप ऐसा नहीं हो सकता ॥ ३२ ॥ इसका अद्भुत रूप देखकर

इङ्गितज्ञोऽग्रतः स्थित्वा प्रह्लादस्त्वब्रवीद्वचः ॥ प्रह्लाद उवाच ॥ मा ददस्व जलं हस्ते वटोर्वामनरूपिणः ॥ २७ ॥ स त्वसौ येन ते पूर्वं निहतः प्रपितामहः ॥ विष्णुरेष महाप्राज्ञस्त्वां वञ्चयितुमागतः ॥ २८ ॥ बलिरुवाच ॥ हन्त तस्मै प्रदास्यामि देवायेमं प्रतिग्रहम् ॥ अनुग्रहकरं देवमीदृशं जगतः प्रभुम् ॥ २९ ॥ ब्रह्मणोऽपि गरीयांसं पात्रं लप्स्यामहे वयम् ॥ अवश्यं चासुरश्रेष्ठ दातव्यं दीक्षितेन वै ॥ ३० ॥ इत्युक्त्वाऽसुरसंघानां मध्ये वैरोचनिस्तदा ॥ देवाय प्रददौ तस्मै पदानि त्रीणि विष्णवे ॥ ३१ ॥ प्रह्लाद उवाच ॥ दानवेश्वर मा दास्त्वं विप्रायास्मै प्रतिग्रहम् ॥ नैवं विप्रं शिशुं मन्ये नेदृशो भवति द्विजः ॥ ३२ ॥ रूपेणानेन दैत्येन्द्र सत्यमेवं ब्रवीमि ते ॥ नारसिंहमहं मन्ये तमेव पुनरागतम् ॥ ३३ ॥ एवमुक्तस्तदा तेन प्रह्लादेनामितौजसा ॥ प्रह्लादमब्रवीद्वाक्यमिदं निर्भर्त्सयन्निव ॥ ३४ ॥ बलिरुवाच ॥ देहीति याचते यो हि प्रत्याख्याति च योऽसुर ॥ उभयोरप्यलक्ष्म्या वै भागस्तं विशते नरम् ॥ ३५ ॥ प्रतिज्ञाय तु यो विप्रे न ददाति प्रतिग्रहम् ॥ स याति नरकं पापी मित्रगोत्रसमन्वितः ॥ ३६ ॥ अलक्ष्मीभयभीतोऽहं ददाम्यस्मै वसुन्धराम् ॥ प्रतिग्रहीता चाप्यन्यः कश्चिदस्माद्द्विजोऽथ वै ॥ ३७ ॥ नाधिको विद्यते यस्मात्तद्दामि वसुंधराम् ॥ हृदयस्य च मे तुष्टिः परा भवति दानव ॥ ३८ ॥ दृष्ट्वा वामनरूपेण याचन्तं द्विजपुंगवम् ॥ एष तस्मात्प्रदास्या मि न स्थास्यामि निवारितः ॥ ३९ ॥ भूयश्च प्राब्रवीदेवं वामनं विप्ररूपिणम् ॥ स्वल्पैः स्वल्पमते किं ते पदैस्त्रिभिरनुत्तमम् ॥ ४० ॥ कृत्स्नां ददा ते

मुझे ऐसा लगता है कि वे नृसिंहभगवान फिर यहाँ आ गये हैं ॥ ३३ ॥ प्रह्लादके ऐसा कहनेपर राजा बलिने उनकी भर्त्सना करते हुए कहा—॥ ३४ ॥ हे असुरसत्तम ! जो व्यक्ति 'दो' ऐसा कहकर याचना करता है और देनेवाला यदि देनेसे इनकार करता है तो याचक तथा दाता दोनोंपर अलक्ष्मी (दरिद्रता) का अधिकार हो जाता है ॥ ३५ ॥ एक बार दान देनेकी प्रतिज्ञा करके जो व्यक्ति उस ब्राह्मणका दान नहीं देता, वह पापी अपने वंश तथा बन्धु-बान्धवों समेत नरकगामी होता है ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ यदि मैं अपनी बातसे मुकर जाऊँगा तो मुझपर अलक्ष्मीका अधिकार हो जायगा । अतएव इन्हें मैं भूमिदान अवश्य दूँगा । ऐसा करनेसे ही मेरे हृदयको शान्ति मिलेगी ॥ ३८ ॥ विशेष करके मैं जीवनमें ऐसा याचक फिर कभी न पाऊँगा । अतएव आपके रोकनेपर भी इन्हें भूमिदान मैं अवश्य दूँगा ॥ ३९ ॥ ऐसा कहकर राजा बलिने फिर वामन भागवानको सम्बोधित करके कहा—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे अल्पबुद्धि बालक ! तीन पगभूमि तो बहुत थोड़ी है। अतएव यदि आप कहें तो मैं समस्त ससागरा भूमि आपको दान दे दूँ। वामनभगवान बोले—हे दानवसत्तम ! मुझे आपकी ससागरा भूमि नहीं चाहिए। तीन पग पृथिवी ही मेरे लिए पर्याप्त होगी ॥ ४० ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! दानवेन्द्र बलिने ऐसा कहकर उन अमित तेजस्वी वामन-भगवानको तीन पग पृथिवी दान दे दी ॥ ४२ ॥ दानका जल हाथपर गिरते ही वामन वामन नहीं रह गये। उन्होंने एकसाथ सर्वदेवमय रूप धारण कर लिया। उस समय भूमि उनका पैर, आकाश मस्तक, सूर्य-चन्द्रमा उनके नेत्र, पिशाच पैरोंकी उँगलियाँ और यक्ष उनके हाथोंकी उँगली बन गये॥ ४३ ॥ ४४ ॥ विश्वेदेव जानुभाग, सुरोत्तम साध्यगण जंघा, यक्षगण नख, अप्सरायें नखरेखा, विद्युत् विपुल दृष्टि, सूर्यकी किरणें केश, नक्षत्रसमूह रोमकूप और महर्षिगण उनके शरीरके रोयें हो गये ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ सभी विदिशायें बाहु, दिशायें

विप्र पृथिवीं सागरैर्वृताम् ॥ वामन उवाच ॥ न पृथ्वीं कामये कृत्स्नां संतुष्टोऽस्मि पदैस्त्रिभिः ॥ एष एव रुचिष्यो मे वरो दानवसत्तम ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ तथाऽस्त्विति बलिः प्रोच्य स्पर्शयामास दानवः ॥ पदानि त्रीणि देवाय विष्णवेऽमिततेजसे ॥ ४२ ॥ तोये तु पतिते हस्ते वामनोऽभूदवामनः ॥ सर्वदेवमयं रूपं दर्शयामास वै विभुः ॥ ४३ ॥ भूः पादौ द्यौः शिरश्चास्य चन्द्रादित्यौ च चक्षुषी ॥ पादांगुल्यः पिशाचाश्च हस्तांगुल्यश्च गुह्यकाः ॥ ४४ ॥ विश्वेदेवाश्च जानुस्था जङ्घे साध्याः सुरोत्तमाः ॥ यक्षा नखेषु संभूता लेखाश्चाप्सरसस्तथा ॥ ४५ ॥ तडिद्दृष्टिः सुविपुला केशाः सूर्यांशवस्तथा ॥ तारका रोमकूपाणि रोमाणि च महर्षयः ॥ ४६ ॥ बहवो विदिशश्चास्य दिशः श्रोत्रे तथैव च ॥ अश्विनौ श्रवणौ चास्य नासा वायुर्महाबलः ॥ ४७ ॥ प्रसादश्चन्द्रमाश्चैव मनो धर्मस्तथैव च ॥ सत्यमस्याभवद्वाणी जिह्वा देवी सरस्वती ॥ ४८ ॥ ग्रीवादितिर्महादेवी तालुः सूर्यश्च दीप्तिमान् ॥ द्वारं स्वर्गस्य नाभिर्वै मित्रस्त्वष्टा च वै भ्रुवौ ॥ ४९ ॥ मुखं वैश्वानरश्चास्य वृषणौ तु प्रजापतिः ॥ हृदयं भगवान्ब्रह्मा पुंस्त्वं वै विश्वतो मुनिः ॥ ५० ॥ पृष्ठेऽस्य वसवो देवा मरुतः पादसन्धिषु ॥ सर्वच्छन्दांसि दशना ज्योतींषि विमलाः प्रभाः ॥ ५१ ॥ ऊरू रुद्रो महादेवो धैर्यं चास्य महार्णवः ॥ उदरे चास्य गन्धर्वा भुजगाश्च महाबलाः ॥ ५२ ॥ लक्ष्मीर्मेधा धृतिः कान्तिः सर्वविद्या च वै कटिः ॥ ललाटमस्य परमं स्थानं च परमात्मनः ॥ ५३ ॥ सर्वज्योतींषि यानीह तपः शक्रस्तु देवराट् ॥ तस्य देवाधिदेवस्य तेजसासीन्महात्मनः ॥ ५४ ॥

कान, दोनों अश्विनीकुमार श्रवण और महाबली वायु नासिका थे ॥ ४७ ॥ चन्द्रमा प्रसन्नता, धर्म मन, सत्य वाणी और सरस्वती उनकी जिह्वा थी ॥ ४८ ॥ महादेवी अदिति उनकी ग्रीवा, दीप्तिमान् सूर्य तालु, स्वर्गद्वार नाभि और मित्र तथा त्वष्टा उनकी भौंं थे ॥ ४९ ॥ अग्नि उनका मुख, प्रजापति अण्डकोष, भगवान् ब्रह्मा हृदय और कश्यप मुनि उनके पुंस्त्व थे ॥ ५० ॥ वसुगण उनकी पीठ, मरुद्गण पैरोंकी सन्धि, वेद दाँत तथा ज्योतियाँ उनके शरीरकी शोभा थीं ॥ ५१ ॥ रुद्रदेव वक्षस्थल, समुद्र धैर्य और गन्धर्व तथा भुजगगण उनके उदर थे ॥ ५२ ॥ लक्ष्मी उनकी बुद्धि, धृति कान्ति, समस्त विद्यायें कटिप्रदेश और परमात्माका उत्कृष्ट स्थान उनका ललाट था ॥ ५३ ॥ सब प्रकारकी ज्योतियाँ उनका तप,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवराज इन्द्र तेज, सब वेद उनके स्तन, काँख यज्ञ तथा यज्ञयूप और ब्राह्मणोंकी चेष्टायें उनके होंठ थे ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ वहाँ उपस्थित महान् असुरगण उनका वह देवमय रूप देखकर क्रोधाकुलभावसे, फतिंगे जैसे दीपकपर गिरते हैं, उसी प्रकार वे उनपर गिरने लगे ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७२ ॥

(भगवानका बलिको जीतकर बन्धनमें डालना) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस समय वहाँ जो-जो महात्मा दानव उपस्थित थे, अब मैं उनके नाम, रूप, आभूषण और प्रधान-प्रधान शस्त्रास्त्र बता रहा हूँ, सुनिए ॥ १ ॥ विप्रचित्ति, शिवि, शंकु, अयःशंकु, अयःशिरा, अश्वशिरा, हयग्रीव, वेगवान्, केतुमान्, अति उग्र अग्र-व्यग्र, पुष्कर, पुष्कल, अश्वारूढ़ अश्वपति, प्रह्लाद, कुम्भ, संह्लाद, गगनप्रिय, अनुह्लाद, हरि और हर, वाराह, संहर, रुज ॥ २–४ ॥ वृषपर्वा, विरूपाक्ष, अतिचन्द्र, सुलोचन, निष्प्रभ, सुप्रभ, श्रीमान्,

स्तनौ कक्षौ च वेदाश्च ओष्ठौ चास्य मखाः स्थिताः ॥ इष्टयः पशुबन्धाश्च द्विजानां चेष्टितानि च ॥ ५५ ॥ तस्य देवमयं रूप दृष्ट्वा विष्णोर्महासुराः ॥ अभ्यसर्पन्त संक्रुद्धाः पतङ्गा इव पावकम् ॥ ५६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावे द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु नामानि सर्वेषां रूपाण्यभिजनानि च ॥ आयुधानि च मुख्यानि दानवानां महात्मनाम् ॥ १ ॥ विप्रचित्तिः शिबिः शङ्कुरयःशङ्कुस्तथैव च ॥ अयःशिरा अश्वशिरा हयग्रीवश्च वीर्यवान् ॥ २ ॥ वेगवान्केतुमानुग्रः सोऽग्रव्यग्रो महासुरः ॥ पुष्करः पुष्कलश्चैव साश्वोऽश्वपतिरेव च ॥ ३ ॥ प्रह्लादोऽश्वशिराः कुम्भः संह्लादो गगनप्रियः ॥ अनुह्लादो हरिहरौ वाराहः संहरो रुजः ॥ ४ ॥ वृषपर्वा विरूपाक्षो अतिचन्द्रः सुलोचनः ॥ निष्प्रभः सुप्रभः श्रीमांस्तथैव च निरूदरः ॥ ५ ॥ एकवक्त्रो महावक्त्रो द्विवक्त्रः कालसंनिभः ॥ शरभः शलभश्चैव कुणपः कुलपः क्रथः ॥६॥ बृहत्कीर्तिर्महागर्भः शङ्कुकर्णो महाध्वनिः ॥ दीर्घजिह्वोऽर्कवदनो मृदुबाहुर्मृदुप्रियः ॥ ७ ॥ वायुर्गविष्ठो नमुचिः शम्बरो विक्षरो महान् ॥ चन्द्रहन्ता क्रोधहन्ता क्रोधवर्द्धन एव च ॥ ८ ॥ कालकः कालकाक्षश्च वृत्रः क्रोधो विमोक्षणः ॥ गविष्ठश्च हविष्ठश्च प्रलम्बो नरकः पृथुः ॥९॥ चन्द्रतापनवातापी केतुमान्बलदर्पितः ॥ असिलोमा पुलोमा च बाष्कलः प्रमदो मदः ॥१०॥ शृगालवदनश्चैव करालः केशिरेव च ॥ एकाक्षश्चैकबाहुश्च तुहुण्डः सृमलः सृपः ॥ ११ ॥ एते चान्ये च बहवः क्रममाणं त्रिविक्रमम् ॥ उपतस्थुर्महात्मानं विष्णुं दैत्यगणास्तदा ॥ १२ ॥ प्रासोद्यतकराः केचिद्व्यादितास्याः खरस्वनाः ॥ शतघ्नीचक्रहस्ताश्च वज्रहस्तास्तथा परे ॥ १३ ॥ खड्गपट्टिशहस्ताश्च परश्वधधराः ॥ परे प्रासमुद्गरह-

निरुदर ॥ ५ ॥ एकवक्त्र, द्विवक्त्र, महावक्त्र, कालसंनिभ, शरभ, शलभ, कुणप, कुलप, क्रथ ॥ ६ ॥ बृहत्कीर्ति, महागर्भ, शंकुकर्ण, महाध्वनि, दीर्घजिह्व, अर्कवदन, मृदुबाहु, मृदुप्रिय ॥ ७ ॥ वायु, गविष्ठ, नमुचि, शम्बर, विक्षर, चन्द्रहन्ता, क्रोधहन्ता, क्रोधवर्धन ॥ ८ ॥ कालक, कालकाक्ष, वृत्र, क्रोध, विमोक्षण, गविष्ठ, हविष्ठ, प्रलम्ब, नरक, पृथु ॥ ९ ॥ चन्द्रतापन, वातापी, केतुमान्, बलदर्पित, असिलोमा, पुलोमा, वाष्कल, प्रमद, मद, ॥ १० ॥ शृगालवदन, कराल, केशी, एकाक्ष, एकबाहु, तुहुण्ड, सृमल, सृप, ॥ ११ ॥ ये तथा अन्यान्य बहुतेरे दानव उस समय उन वामनरूपधारी विष्णुभगवानके सम्मुख जा डटे ॥ १२ ॥ उनमेंसे किसीके हाथमें प्रास था और कोई मुँह बाये हुए था । किसी-किसीका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कण्ठशब्द गधे जैसा था। किसीके हाथमें शतघ्नी थी और किसीके हाथमें वज्र विद्यमान था ॥ १३ ॥ किसीके हाथमें खड्ग-पट्टिश, किसीके हाथमें पाश-मुद्गर और किसीके हाथमें परश्वध था। उनमेंसे कुछ राक्षसोंके हाथमें परिघ विद्यमान था ॥ १४ ॥ किसीके हाथमें महाअशनि, किसीके हाथमें मुशल, किसीके हाथमें विशाल वृक्ष और किसीके हाथमें धनुष था ॥ १५ ॥ किसीके हाथमें गदा तथा भुशुण्डी थी। किसीके हाथमें महापट्टिश तथा किसीके हाथमें परिघ था ॥ १६ ॥ किसीके हाथमें कम्पन और किसीके हाथमें असि थी। इनके अतिरिक्त अन्यान्य दैत्योंके हाथोंमें विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र विराजमान थे। उन महाबली दैत्योंके विविध आकार तथा विविध वेश थे ॥१७॥ उनमेंसे किसीका मुख कच्छप जैसा, किसीका मुख मुर्गेसदृश, किसीका हाथीसरीखा, किसीका मुख गधेके समान, किसीका मुख ऊँटसदृश और किसीका मुख सुअर जैसा था ॥१८॥ किसीका मुख मगरसदृश, किसीका शिशुमार सदृश, किसी-किसीका मुख बिलावसदृश, किसीका सुग्गे सरीखा और किसीका मुख बहुत बड़ा था ॥१९॥ किसीका मुख गरुड़ जैसा, किसीका गैंडासरीखा, किसीका मयूरसदृश,

स्ताश्च तथा परिघपाणयः ॥१४॥ महाऽशनिव्यग्रकरा मौशलास्तु महाबलाः ॥ महावृक्षोद्यतकरास्तथैव च धनुर्धराः ॥१५॥ गदाभुशुण्डिहस्ताश्च वज्रहस्तास्तथा परे ॥ महापट्टिशहस्ताश्च तथा परिघपाणयः ॥ १६ ॥ असिकम्पनहस्ताश्च दानवा युद्धदुर्मदाः ॥ नानाप्रहरणा घोरा नानावेषा महाबलाः ॥१७॥ कूर्मकुक्कुटवक्त्राश्च हस्तिवक्त्रास्तथा परे ॥ खरोष्ट्रवदनाश्चैव वराहवदनास्तथा ॥१८॥ भीमा मकरवक्त्राश्च शिशुमारमुखास्तथा ॥ मार्जारशुकवक्त्राश्च दीर्घवक्त्राश्च दानवाः ॥१९॥ गरुडाननाः खड्गमुखा मयूरवदनास्तथा ॥ अश्ववक्त्रा बभ्रुवक्त्रा घोरा मृगमुखास्तथा ॥२०॥ उष्ट्रशल्यकवक्त्राश्च दीर्घवक्त्राश्च दानवाः ॥ नकुलस्येव वक्त्राश्च पारावतमुखास्तथा ॥ २१ ॥ चक्रवाकमुखाश्चैव गोधावक्त्रास्तथा परे ॥ तथा मृगाननाः शूरा गोऽजादिमहिषाननाः ॥२२॥ कृकलासमुखाश्चैव व्याघ्रवक्त्रास्तथा परे ॥ ऋक्षशार्दूलवक्त्राश्च सिंहवक्त्रास्तथा परे ॥२३॥ गजेन्द्रचर्मवसनास्तथा कृष्णाजिनाम्बराः ॥ वीरसंवृतगात्राश्च तथा फलकवाससः ॥ २४ ॥ उष्णीषिणो मुकुटिनस्तथा कुण्डलिनोऽसुराः ॥ किरीटिनो लम्बशिखाः कम्बुग्रीवाः सुवर्चसः ॥ २५ ॥ नानावेषधरा दैत्या नानामाल्यानुलेपनाः ॥ स्वान्यायुधानि दीप्तानि प्रगृह्यासुरसत्तमाः ॥ २६ ॥

किसीका मुख घोड़े जैसा, किसीका नेउले जैसा और किसीका मुँह मृगसदृश था ॥ २० ॥ किसीका मुख ऊँटके समान, किसीका साहीके सदृश, किसीका मुख नेउलेके सदृश और किसी-किसीका मुख कबूतरके आकारका था ॥ २१ ॥ किसीका मुख चकवेके समान, किसीका गोह जैसा, किसीका मृगसदृश और उनमेंसे बहुतेरे दानवोंका मुख गाय तथा बकरीके आकारका था ॥ २२ ॥ किसीका मुख गिरगिट सरीखा, किसीका बाघसदृश, किसीका मुख भालू सरीखा, किसीका मुख चीते जैसा और किसी-किसीका मुख सिंहके समान था ॥ २३ ॥ उनमेंसे कुछ दानव कृष्णमृगचर्म पहने थे। कुछ वल्कल वसन धारण किये हुए थे और कुछ दानवोंके शरीरपर वीरोंके परिधेय वस्त्र विद्यमान थे ॥ २४ ॥ किसीके मस्तकपर साफा बँधा था और कुछ दानव मुकुट धारण किये थे। किसी-किसीके कानोंमें कुण्डल थे। कुछ किरीट धारण किये हुए थे। किसीको लम्बी शिखा थी और किसीकी शंखसदृश चिकनी ग्रीवा थी ॥२५॥ वे सभी दानव असाधारण तेजस्वी थे। विविध वेश धारण किये तथा नानाविध माल्यानुलेपनधारी दानवगण अपने-अपने चमचमाते शस्त्रास्त्र लेकर उन देवमयशरीरधारी वामन भगवानकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओर झपटे। तब उन देवादिदेव वामन भगवानने पादप्रहार तथा चपेटाघातसे उन दैत्योंको मार डाला और अपने दोनों पैरोंको बढ़ाकर तीनों लोकोंका राज्य हस्तगत कर लिया। इस प्रकार उन्होंने समस्त पृथिवी अपने अधिकारमें ले ली। जब उन्होंने त्रिलोकोपर आक्रमण किया, उस समय उनकी दीप्ति सूर्यके सदृश देदीप्यमान हो उठी ॥२६–२८॥ भूमिपर आक्रमण करते समय सूर्य और चन्द्रमा उनके वक्षस्थलमें, आकाशमण्डल उनके उदरमें और स्वर्ग उनके पैरोंके नीचे पड़ गया। ऐसा ज्ञानवान् विप्रोंका कथन है। उन अमित पराक्रमी वामन भगवानने इस प्रकार समस्त त्रिलोकीको पराजित करके इन्द्रको त्रैलोक्यका राज्य सौंप दिया। केवल पृथिवीके अधोभागमें स्थित सुतल नामक पाताल बलिके निवासार्थ दे दिया। वह निवासस्थान पाकर असुरश्रेष्ठ बलिकी बुद्धि निर्मल हो गयी ॥ २९–३२ ॥ उस समयसे असुराधिपति बलि उसी रसातललोकमें रहते हुए भगवद्ध्यान करने लगे ॥ ३३ ॥ कुछ काल बाद

क्रममाणं हृषीकेशमुपातिष्ठन्त दानवाः ॥ प्रमथ्य सर्वान्दैतेयान्पादहस्ततलैः प्रभुः ॥ २७ ॥ रूपं कृत्वा महाकायं जहाराशु स मेदिनीम् ॥ त्रैलोक्यं
क्रममाणस्य द्युतिरादित्यसम्भवा ॥ २८ ॥ तस्य विक्रमतो भूमिं चन्द्रादित्यौ स्तनान्तरे ॥ नभः प्रक्रममाणस्य सक्थिदेशे व्यवस्थितौ ॥ परं
विक्रममाणस्य जानुदेशे व्यवस्थितौ ॥ २९ ॥ विष्णोरमितवीर्यस्य वदन्त्येवं द्विजातयः ॥ जित्वा लोकत्रयं कृत्स्नं हत्वा चासुरपुङ्गवान् ॥ ३० ॥
ददौ शक्राय वसुधां हरिर्लोकनमस्कृतः ॥ सुतलं नाम पातालमधस्ताद्वसुधातले ॥ ३१ ॥ बलेर्दत्तं भगवता विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ तदवाप्या-
सुरश्रेष्ठश्चकार मतिमुत्तमाम् ॥ ३२ ॥ रसातलतले वासमकरोदसुराधिपः ॥ तत्रस्थश्च महातेजा ध्यानं परममास्थितः ॥ ३३ ॥ उवाच वचनं
धीमान्विष्णुं लोकनमस्कृतम् ॥ किं मया देव कर्त्तव्यं ब्रूहि सर्वमशेषतः ॥ ततो दैत्याधिपं प्राह देवो विष्णुः सुरोत्तमः ॥ ३४ ॥ विष्णुरुवाच ॥
ददामि ते महाभाग परितुष्टोऽस्मि तेऽसुर ॥ वरं वरय भद्रं ते यथेष्टं काममाप्नुहि ॥ ३५ ॥ मा च शक्रस्य वचनं प्रतिहासीः कथंचन ॥ अहमाज्ञा-
पयामि त्वां श्रेयश्चैवमवाप्स्यसि ॥ ३६ ॥ अथ दैत्याधिपं प्राह विष्णुर्देवाधिपानुजः ॥ वाचा परमया देवो वरेण्यः प्रभुरीश्वरः ॥ ३७ ॥ यत्त्वया
सलिलं दत्तं गृहीतं पाणिना मया ॥ तस्मात्ते दैत्य देवेभ्यो नास्ति जातु भयं क्वचित् ॥ ३८ ॥ सुतलं नाम पातालं तत्र त्वं सानुगो वस ॥
सर्वदैत्यगणैः सार्द्धं मत्प्रसादान्महासुर ॥ ३९ ॥ न च ते देवदेवस्य शक्रस्यामिततेजसः ॥ शासनं प्रतिहन्तव्यं स्मरता शासनं मम ॥ ४० ॥ देवता-

बुद्धिमान् राजा बलिने भगवान विष्णुको सम्बोधित करके कहा—भगवन्! यहाँ रहते हुए मुझे क्या करना होगा? सो आप स्पष्ट बता दीजिए। तदनन्तर वामन भगवानने राजा बलिको सम्बोधित करके कहा—॥ ३४ ॥ हे असुरेन्द्र! मैं तुम्हारे ऊपर बहुत प्रसन्न हूँ। अतएव तुम्हारी जो इच्छा हो, वह वर मुझसे माँग लो ॥ ३५ ॥ किन्तु अबसे तुम कभी भी देवराज इन्द्रकी अवहेलना न करना। यह मेरी आज्ञा है। मेरी इस आज्ञाका पालन करके तुम परम श्रेय प्राप्त करोगे ॥ ३६ ॥ इतना कहनेके बाद फिरके सान्त्वना देते हुए देवराज इन्द्रके लघु-भ्राता वामन भगवानने उत्तम वाणीमें कहा—हे दैत्यराज! तुमने उस समय संकल्पका जो जल मेरे हाथपर दिया था, उसे मैंने अङ्गीकार कर लिया था। अतएव मेरा आशीर्वाद है कि अब तुम्हें देवताओंसे कुछ भी भय नहीं रहेगा ॥३७॥३८॥ तुम अपने अनुचरोंके साथ सुतल नामके पाताललोकमें सानन्द निवास करो। हे महासुर! तुमपर सदा मेरी कृपा बनी रहेगी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥३९॥ किन्तु वहाँ रहकर मेरी आज्ञाको ध्यानमें रखते हुए तुम कभी देवराज इन्द्रकी आज्ञाका उल्लङ्घन न करना ॥४०॥ हे महासुर ! अबसे सब देवताओंको तुम अपना पूज्य समझना। ऐसा करनेसे तुम्हारी सब कामनायें पूर्ण हो जायँगी और इहलोक तथा परलोकमें सर्वत्र सुख पाओगे। तुम्हारे द्वारा प्रचुर दक्षिणाओंयुक्त बहुतेरे यज्ञ होंगे ॥४१॥ हे भाग्यशालिन् ! तुम्हारी दिव्य कामनायें पूर्ण हो जायँगी और इहलोक तथा परलोकमें अक्षय भोग और दैत्याधिपत्य प्राप्त करोगे ॥४२॥ किन्तु जब कभी भी तुम मेरी आज्ञाका उल्लंघन करोगे तो वे महाबली देवता तुम्हें नागपाशमें बाँधकर मार डालेंगे ॥ ४३ ॥ अतएव इन्द्रादि देवताओंको नित्य नमस्कार करते रहना। मेरे ज्येष्ठ भ्राता इन्द्रकी आज्ञाका सदा पालन करो। मैंने जो कहा है, उसे स्वीकार कर लो ॥४४॥ राजा बलि बोले—हे देवदेव ! हे महाभाग ! हे शंख-चक्र-गदाधर ! हे सुर-असुरगुरो ! हे सर्वश्रेष्ठ ! हे सर्वलोकमहेश्वर ! आपने मेरे निवासके लिए पाताललोक निश्चित

श्चापि ते सर्वाः पूज्या एव महासुर ॥ भोगांश्च विविधान्सम्यग्यज्ञांश्च सहदक्षिणान् ॥ ४१ ॥ प्राप्स्यसे च महाभाग दिव्यान् कामान् यथेप्सितान् ॥
इह चामुत्र चाक्षय्यान्विविधांश्च परिच्छदान् ॥४२॥ दैत्याधिपत्यं च सदा मत्प्रसादादवाप्स्यसि ॥ यदा च तां मया प्रोक्तां मर्यादां चालयिष्यसि ॥
वधिष्यन्ति तदा हि त्वां नागपाशैर्महाबलाः ॥ ४३ ॥ नमस्कार्याश्च ते नित्यं महेन्द्राद्या दिवौकसः ॥ मम ज्येष्ठः सुरश्रेष्ठ शासनं प्रतिगृह्यताम्
॥ ४४ ॥ बलिरुवाच ॥ देवदेव महाभाग शंखचक्रगदाधर ॥ सुरासुरगुरो श्रेष्ठ सर्वलोकमहेश्वर ॥ तत्रासतो मे पाताले भागे ब्रूहि सुरोत्तम ॥ ४५ ॥
ममान्नमशनं देव प्राशनार्थमरिन्दम ॥ तद्वदस्व सुरश्रेष्ठ तृप्तिर्येन ममाक्षया ॥ ४६ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ अश्रोत्रियं श्राद्धमधीतमव्रतमदक्षिणं यज्ञ-
मनृत्विजा हुतम् ॥ अश्रद्धया दत्तमसंस्कृतं हविरेते प्रदत्तास्तव दैत्य भागाः ॥ ४७ ॥ पुण्यं सद्घोषितं यच्च मद्भागद्वेषिणां तथा ॥ क्रयविक्रय-
सक्तानां पुण्यं यच्चाग्निहोत्रिणाम् ॥ ४८ ॥ अश्रद्धया च यद्दानं ददतां यजतां तथा ॥ तत्सर्वं तव दैत्येन्द्र मत्प्रसादाद्भविष्यति ॥ ४९ ॥ वैश-
म्पायन उवाच ॥ एतच्छ्रुत्वा तु वचनं बलिर्विष्णोर्महात्मनः ॥ एवमस्त्विति तं प्रोक्त्वा पातालमसुरोत्तमः ॥ ५० ॥ प्रविवेश महानादो देवाज्ञां
प्रतिपालयन् ॥ भगवानपि राज्यानां प्रविभागांश्चकार ह ॥ ५१ ॥ ददौ पूर्वां दिशं चैन्द्रीं शक्रायामिततेजसे ॥ याम्यां यमाय देवाय पितृराज्ञे

कर दिया है, किन्तु मैं वहाँ रहूँगा कैसे ? मेरी जीविकाका क्या प्रबन्ध होगा ? वहाँ रहते समय जिनसे अक्षय तृप्ति प्राप्त हो सके, ऐसा कोई विधान कर दीजिए ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ वामन भगवान बोले—हे असुरश्रेष्ठ ! श्रोत्रियविहीन श्राद्ध, दक्षिणाविहीन यज्ञ, ऋत्विक्हीन एवं अन्यप्रदत्त आहुति, अश्रद्धापूर्वक दिया हुआ दान तथा असंस्कृत हवि ये छ प्रकारके द्रव्य तुम्हें भागरूपमें सदा प्राप्त होते रहेंगे ॥४७॥ इनके अतिरिक्त जो लोग मेरे भक्तोंसे द्वेष रक्खें, जो अग्निहोत्री होते हुए भी क्रय-विक्रयका कार्य करें, जो लोग अश्रद्धापूर्वक दान दें या यज्ञ करें, तुम उनके समस्त पुण्योंपर अधिकार प्राप्त करोगे ॥४८॥४९॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज जनमेजय ! असुरसत्तम बलिने वामनरूपधारी भगवान विष्णुके इन वचनोंको सुनकर 'स्वस्ति' वचनोच्चारणपूर्वक स्वीकार कर लिया और उनकी आज्ञा शिरोधार्य करके पाताललोकको चले गये। इधर भगवान विष्णुने राज्योंका विभाजन आरम्भ कर दिया ॥ ५० ॥ ५१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वप्रथम इन्द्रको उन्होंने पूर्व दिशा, पितृपति महात्मा यमको दक्षिण दिशा, वरुणको पश्चिम दिशा, कुबेरको उत्तर दिशा, नागराजको अधोदिशा एवं चन्द्रमाको ऊर्ध्व दिशाका राज्य प्रदान किया। बलवानोंमें श्रेष्ठ विष्णुभगवानके द्वारा इस प्रकार तीनों लोकोंका राज्य विभक्त हो जानेपर देवताओंका क्षोभ शान्त हो गया। इस योजनाके अनुसार देवराज इन्द्र फिर अखिल त्रिलोकीके नाथ बने। महर्षियोंने वामन भगवानका यथोचित सत्कार किया। यह महान् कार्य सम्पादन करके विष्णु भगवान अपने निवासस्थान स्वर्गको चले गये। उस समय इन्द्रादि देवताओंके आनन्दका कोई ठिकाना नहीं रहा ॥५२–५६॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! कम्बल और अश्वतर प्रभृति सात मस्तकोंवाले नागों द्वारा बलिको बाँधकर विष्णु भगवानके स्वर्ग चले जानेपर नागबन्धनसे दुखी राजा बलिके पास एकाएक देवर्षि नारदजी जा पहुँचे ॥५७॥५८॥ राजा बलिको नागपाशके बन्धनमें नितान्त कातर और अत्यधिक क्लेशाकुल देखकर

महात्मने ॥ ५२ ॥ पश्चिमां तु दिशं प्रादाद्वरुणाय महात्मने ॥ उत्तरां च कुबेराय यक्षाधिपतये दिशम् ॥ ५३ ॥ अधःस्थां नागराजाय सोमायोर्ध्वां दिशं ददौ ॥ एवं विभज्य त्रैलोक्यं विष्णुर्बलवतां वरः ॥ ५४ ॥ जगाम त्रिदिवं देवः पूज्यमानो महर्षिभिः ॥ वामनः सर्वभूतेशः प्रतिष्ठाप्य च वासवम् ॥ ५५ ॥ तस्मिन्प्रयाते दुर्धर्षे वामनेऽमिततेजसि ॥ सर्वे मुमुदिरे देवाः पुरस्कृत्य शतक्रतुम् ॥ ५६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ गते तु त्रिदिवं कृष्णे बद्ध्वा वैरोचनिं बलिम् ॥ नागैः सप्तशिरोभिश्च कम्बलाश्वतरादिभिः ॥ ५७ ॥ नागबन्धनदुःखार्तं बलिं वैरोचनिं ततः ॥ यदृच्छयाऽसौ देवर्षिर्नारदः प्रत्यपद्यत ॥ ५८ ॥ स तं कृच्छ्रगतं दृष्ट्वा कृपयाऽभिपरिप्लुतः ॥ उवाच दानवश्रेष्ठं मोक्षोपायं ददामि ते ॥ ५९ ॥ स्तवं देवाधिदेवस्य वासुदेवस्य धीमतः ॥ अनादिनिधनस्यास्य अक्षयस्याव्ययस्य च ॥ ६० ॥ तमधीष्वाथ दैत्येन्द्र विशुद्धेनान्तरात्मना ॥ तद्गतस्तन्मना भूत्वा द्रुतं मोक्षमवाप्स्यसि ॥ ६१ ॥ ततो विरोचनसुतः प्रयतः प्राञ्जलिः शुचिः ॥ मोक्षविंशकमव्यग्रो नारदात्समधीतवान् ॥ ६२ ॥ तमधीत्य स्तवं दिव्यं नारदेन समीरितम् ॥ पृथिवी चोद्धृता येन तं जजाप महासुरः ॥ ६३ ॥ ॐ नमोऽस्त्वनन्तपतये अक्षयाय महात्मने ॥ जलेशयाय देवाय पद्मनाभाय विष्णवे ॥ ६४ ॥ सप्तसूर्यवपुः कृत्वा त्रींल्लोकान्क्रान्तवानसि ॥ भगवन्कालकालस्त्वं तेन सत्येन मोक्षय ॥ ६५ ॥ नष्टे चन्द्रार्कगगने

दयार्द्र चित्तसे नारदने कहा—हे दैत्यराज ! मैं तुम्हें इस भीषण यंत्रणासे छूटनेका उपाय बता रहा हूँ, सुनो ॥५९॥ तुम विशुद्ध अन्तःकरणसे भगवानमें मन लगाकर देवाधिदेव, अनादिनिधन, अव्यय, अक्षय और धीमान् वासुदेवकी स्तुति करो। ऐसा करनेसे तुम शीघ्र बन्धनमुक्त हो जाओगे ॥६०॥६१॥ ऐसा कहकर देवर्षि नारदने दैत्यराज बलिको ये मन्त्र प्रदान किये। दैत्यराजने भी शान्त मनसे हाथ जोड़कर नारदसे उन मंत्रोंकी दीक्षा ली और तत्काल पृथिवीके उद्धारकर्ता देवदेव विष्णुभगवानको स्तुति और जप करने लगे ॥६२॥६३॥ उन्होंने कहा—हे अनन्तपते ! हे अक्षय ! हे महात्मन् ! हे जलेशय ! हे देव ! हे पद्मनाभ ! हे विष्णो ! आपको नमस्कार है ॥६४॥ हे देव ! आप कालके भी काल हैं। जिस सत्यके बलपर आप सप्तसूर्यसदृश रूप धारण करके समस्त त्रिलोकीपर आक्रमण कर चुके हैं। उसी सत्यसे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ६५ ॥ जब गगनमण्डलसे सूर्य-चन्द्रमा तिरोहित हो जाते हैं, जिससे संसारमें यज्ञ-तप प्रभृति क्रियाओंका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वथा लोप हो जाता है, तब जिस सत्यकी सहायतासे आप पुनः लोकसृष्टिका उपक्रम करते हैं, उसी सत्यके बलपर मुझे भी बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥६६॥ पूर्वकल्पमें जिस सत्यके सहारे महर्षि मार्कण्डेयने आपके उदरमें प्रविष्ट होकर ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र, वायु, अग्नि, पर्वत, नदियों तथा सर्पोंयुक्त इस सचराचर विश्वका पर्यवेक्षण किया था, उसी सत्यके बलपर आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ एकमात्र आप जिस सत्यके सहारे समस्त संसार त्यागकर योगी हो गये और फिरसे योगावलम्बन किया, उसी सत्यके बलपर आप मुझे बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ६९ ॥ आप जलशय्यापर शयन करके जब योगनिद्रासे अभिभूत हो जाते हैं, तब जिस सत्यके बलपर आप पुनः जगत्‌की सृष्टिके लिए चिन्तन करते हैं। उसी सत्यके बलपर मुझे भी बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ७०॥ जिस सत्यके सहारे आपने यज्ञवराहरूप धारण करके जलनिमग्ना पृथिवीका उद्धार किया था, उसी सत्यकी सहायतासे आप मुझे भी बन्धनमुक्त कर दें ॥७१॥ जिस सत्यके बूतेपर आपने अपने दाँतों द्वारा पृथिवीका उद्धार करके पितरोंके लिए तीन पिंडोंकी व्यवस्था की थी, उसी सत्यके बलपर आप मुझे भी बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥७२॥

क्षीणे यज्ञतपःक्रिये ॥ पुनश्चिन्तयसे लोकांस्तेन सत्येन मोक्षय ॥ ६६ ॥ ब्रह्मरुद्रेन्द्रवाय्वग्निसरिद्भुजगपर्वताः ॥ त्वत्स्था दृष्टा द्विजेन्द्रेण तेन सत्येन मोक्षय ॥ ६७ ॥ मार्कण्डेयेन पुरा कल्पे प्रविश्य जठरं तव ॥ चराचरगतं दृष्टं तेन सत्येन मोक्षय ॥ ६८ ॥ एको विद्यासहायस्त्वं योगी योगमुपागतः ॥ पुनस्त्रैलोक्यमुत्सृज्य तेन सत्येन मोक्षय ॥ ६९ ॥ जलशय्यामुपासीनो योगनिद्रामुपागतः ॥ लोकांश्चिन्तयसे भूयस्तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७० ॥ वाराहं रूपमास्थाय वेदयज्ञपुरस्कृतम् ॥ धरा जलोद्धृता येन तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७१ ॥ उद्धृत्य दंष्ट्रया यज्ञांस्त्रीन्पिण्डान्कृतवानसि ॥ त्वं पितॄणामपि हरे तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७२ ॥ प्रदुद्रुवुः सुराः सर्वे हिरण्याक्षभयार्दिताः ॥ परित्रातास्त्वया देव तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७३ ॥ दीर्घवक्त्रेण रूपेण हिरण्याक्षस्य संयुगे ॥ शिरो जहार चक्रेण तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७४ ॥ भग्नमूर्द्धास्थिमस्तिष्को हिरण्यकशिपुः पुरा ॥ हुंकारेण हतो दैत्यस्तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७५ ॥ दानवाभ्यां हृता वेदा ब्रह्मणः पश्यतः पुरा ॥ परित्रातास्त्वया देव तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७६ ॥ कृत्वा हयशिरोरूपं हत्वा तु मधुकैटभौ ॥ ब्रह्मणे तेऽर्पिता वेदास्तेन सत्येन मोक्षय ॥७७॥ देवदानवगन्धर्वा यक्षसिद्धमहोरगाः ॥ अन्तं तव न पश्यन्ति

हिरण्याक्षके भयसे कातर होकर देवगण जब पलायन करने लगे थे, तब जिस सत्यसे आपने उनकी रक्षा की थी। उसी सत्यके प्रभावसे मुझे भी बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ७३ ॥ जिस सत्यकी सहायतासे आपने युद्धमें दीर्घवक्त्र रूप धारण करके अपने चक्रसे हिरण्याक्षका सिर काटा था। उसी सत्यसे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥७४॥ पूर्वकालमें जिस सत्यके सहारे आपने मूर्धा, अस्थि तथा मस्तिष्क चूर्ण करके एक हुंकारसे हिरण्यकशिपुको मार डाला था। उसी सत्यसे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥७५॥ पूर्वकालमें ब्रह्माजीके समक्ष जब दो दानवोंने वेदोंका हरण कर लिया, उस समय जिस सत्यबलसे आपने वेदोंकी रक्षा की थी। उसी सत्यकी सहायतासे आप मुझे बन्धनमुक्त करिए ॥ ७६ ॥ आपने जिस सत्यके सहारे हयग्रीव रूप धारण करके मधु-कैटभका विनाश किया और अपहृत वेद पुनः ब्रह्माजीको लौटा दिया, उसी सत्यके बलपर आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥ ७७ ॥ जिस सत्यके कारण देवता, दानव, गन्धर्व,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यक्ष, सिद्ध और महान् नागगण आपका अन्त नहीं जान पाते, उसी सत्यके सहारे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥७८॥ जिस सत्यकी सहायतासे आपने अपान्तरतमा नामक देवपुत्र होकर वेदोंका अर्थ प्रकट किया, उसी सत्यकी सहायतासे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥ ७९ ॥ जिस सत्यके बलपर वेद, यज्ञ, अग्निहोत्र, पितृयज्ञ और हवि आपके रहस्य बन चुके हैं, उसी सत्यके बूते आप मुझे बन्धनमुक्त कर दे ॥ ८० ॥ जिस सत्यके सहारे गुरुशापग्रस्त तथा जन्मान्ध दीर्घतमा ऋषि आपकी कृपासे चक्षुष्मान् हो गये, उसी सत्यके बलपर आप मुझे बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ८१ ॥ ग्राहग्रस्त होकर गजेन्द्र नितान्त कातर तथा मृतप्राय हो गया था। तब वह आपका अनन्य भक्त बन गया और आपने उसे ग्राहके मुखसे उबार लिया। उसी सत्यके गुणसे आप मुझे भी बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥८२॥ जिस सत्यके बलपर आप अक्षय, अव्यय, ब्रह्मण्य, भक्तवत्सल कहलाते हैं और जो लोग गर्वित हो जाते हैं, उनका गर्व चूर्ण करते हैं। उसी सत्यके सहारे आप मुझे बन्धनमुक्त कर दें ॥८३॥ शंख, चक्र, गदा, पद्म, शार्ङ्गधनुष और गरुडको मैं नतमस्तक होकर नमस्कार करता हूँ। ये मुझे इस बन्धनसे

तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७८ ॥ अपान्तरतमा नाम जातो देवस्य वै सुतः ॥ कृताश्च तेन वेदार्थास्तेन सत्येन मोक्षय ॥ ७९ ॥ वेदयज्ञाग्निहोत्राणि पितृयज्ञहवींषि च ॥ रहस्यं तव देवस्य तेन सत्येन मोक्षय ॥ ८० ॥ ऋषिर्दीर्घतमा नाम जात्यन्धो गुरुशापतः ॥ त्वत्प्रसादाच्च चक्षुष्मांस्तेन सत्येन मोक्षय ॥ ८१ ॥ ग्राहग्रस्तं गजेन्द्रं च दीनं मृत्युवश गतम् ॥ भक्तं मोक्षितवांस्त्वं हि तेन सत्येन मोक्षय ॥ ८२ ॥ अक्षयश्चाव्ययश्च त्वं ब्रह्मण्यो भक्तवत्सलः ॥ उच्छ्रितानां नियन्तासि तेन सत्येन मोक्षय ॥ ८३ ॥ शंखं चक्रं गदां पद्मं शार्ङ्गं गरुडमेव च ॥ प्रसादयामि शिरसा ते बन्धान्मोक्षयन्तु माम् ॥ ८४ ॥ शङ्खचक्रगदातूणशार्ङ्गं च गरुडादयः ॥ प्रसादयासुमार्हहरिं बलिं मोक्षय बन्धनात् ॥ ८५ ॥ ततः प्रसन्नो भगवानादिदेश खगेश्वरम् ॥ गरुडं नागहन्तारं बलिं मोक्षय बन्धनात् ॥ ८६ ॥ ततो विक्षिप्य गरुडः पक्षावतुलविक्रमः ॥ जगाम वसुधामूलं यत्रास्ते संयतो बलिः ॥ ८७ ॥ आगमं तस्य विज्ञाय नागा मुक्त्वा महासुरम् ॥ ययुः पुरीं भोगवतीं वैनतेयभयार्दिताः ॥ ८८ ॥ मुक्तं कृष्णप्रसादेन चिन्तयानमधोमुखम् ॥ भ्रष्टश्रियमुवाचेदं गरुत्मान्पन्नगाशनः ॥ ८९ ॥ गरुड उवाच ॥ दानवेन्द्र महाबाहो विष्णुस्त्वामब्रवीत्प्रभुः ॥ मुक्तो निवस पाताले सपुत्रजनबान्धवः ॥ ९० ॥ इतस्त्वया न गन्तव्यं गव्यूतिमपि दानव ॥ समयं यदि भिन्द्यास्त्वं मूर्द्धा ते शतधा भवेत् ॥ ९१ ॥ पक्षीन्द्रवचनं श्रुत्वा

छुड़ायें ॥८४॥ दैत्यराज बलिके इस प्रकार प्रार्थना करनेपर शंख, चक्र, गदा, तूणीर, शार्ङ्गधनुष तथा गरुड आदिने प्रार्थना करके भगवानको प्रसन्न किया और कहा कि हे भगवन्! अब आप बलिको बन्धनमुक्त कर दीजिए ॥ ८५ ॥ तदनन्तर भगवान विष्णुने प्रसन्न होकर नागहन्ता गरुड़को सम्बोधित करके कहा—पक्षिराज! तुम जाकर बलिको बन्धनमुक्त कर दो ॥ ८६ ॥ भगवानके आदेशानुसार अतुलपराक्रमी गरुडने अपने दोनों पंख फैलाकर पातालमें उस स्थानपर गये, जहाँ बलि बँधे हुए थे ॥ ८७ ॥ गरुड़का आगमन होते ही बलिको बाँधे हुए सर्प उनके भयसे तत्काल बलिको छोड़कर भोगवतीपुरी चले गये ॥ ८८ ॥ भगवच्चिन्तनतत्पर एवं श्रीभ्रष्ट बलि जब इस प्रकार बन्धनमुक्त हो गये, तब गरुड़ने उनसे कहा— ॥ ८९ ॥ हे दानवेन्द्र! हे महाबाहो! विष्णुभगवानने कहा है कि अब तुम नागपाशसे मुक्त होकर अपने पुत्रों और बन्धु-बान्धवोंके साथ इसी पाताललोकमें निवास करो ॥ ९० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस स्थानसे दो कोस भी आगे मत जाना। यदि तुम इस नियमका उल्लंघन करोगे तो तुम्हारा मस्तक फटकर सौ टुकड़े हो जायगा ॥ ९१ ॥ पक्षिराज गरुड़के वचन सुनकर दैत्यराज बलिने कहा—मैं महात्मा अनन्तके आज्ञाका पालन करूँगा ॥ ९२ ॥ किन्तु यहाँ रहते समय जिस तरह मैं सुखपूर्वक जीवन यापन कर सकूँ, इसका भी वे कोई उपाय कर दें ॥ ९३ ॥ गरुड़जी बोले—दैत्यराज! तुम ऐसा क्यों कह रहे हो? उन्होंने तो पहले ही तुम्हारे जीवन यापनका उपाय निर्धारित कर दिया है ॥ ९४ ॥ जो लोग ऋत्विजोंकी सहायताके बिना विधिहीन तथा प्रायश्चित्त किये बिना ही यज्ञानुष्ठान करते हैं तो देवता कदापि उस यज्ञके भागको नहीं अङ्गीकार करते। तुम वह यज्ञभाग ग्रहण करते हुए बड़े सुखपूर्वक यहाँ रह सकोगे ॥९५॥९६॥ वैशम्पायन कहते हैं—हे महाराज! त्रैलोक्यप्रकाशक तथा कश्यपात्मज वामन भगवानने दैत्यराज बलिके पास यह सन्देश भेजा था ॥ ९७ ॥ श्रीअनन्त भगवानके सर्वपापमोचक इस स्तोत्रका जो प्राणी भक्तिपूर्वक पाठ करता है, उसके सभी पातक नष्ट हो जाते हैं ॥९८॥ इस स्तोत्रका पाठ करनेसे गोहत्या और ब्रह्महत्याके पापसे भी मुक्ति मिल जाती

दानवेन्द्रोऽब्रवीदिदम् ॥ स्थितोऽस्मि समये तस्य अनन्तस्य महात्मनः ॥ ९२ ॥ जीव्योपायं तु भगवान्मम किंचित्करोतु सः ॥ इहस्थोऽहं सुखा-
सीनो येनाप्याये खगेश्वर ॥ ९३ ॥ बलेस्तु वचनं श्रुत्वा गरुत्मानिदमब्रवीत् ॥ पूर्वमेव कृतस्तेन जीव्योपायो महात्मना ॥ ९४ ॥ वर्तयिष्यन्ति ये
यज्ञान्विधिहीनानऋत्विजः ॥ प्रायश्चित्तमजानन्तो यज्ञभागस्ततस्तव ॥ ९५ ॥ न तेषां यज्ञभागं वै प्रतिगृह्णन्ति देवताः ॥ अनेनाप्यायितबलः
सुखमत्र निवत्स्यसि ॥ ९६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ संदेशमेतं भगवान्दत्तवान्कश्यपात्मजः ॥ दानवेन्द्रं महाबाहो विष्णुस्त्रैलोक्यभावनः ॥ ९७ ॥
इमं स्तवमनन्तस्य सर्वपापप्रमोचनम् ॥ यः पठेत नरो भक्त्या तस्य नश्यति किल्बिषम् ॥ ९८ ॥ गोहत्यायाः प्रमुच्येत ब्रह्मघ्नो ब्रह्महत्यया ॥
अपुत्रो लभते पुत्रं कन्या चैवेप्सितं पतिम् ॥ ९९ ॥ सद्यो गर्भात्प्रमुच्येत गर्भिणी जनयेत्सुतम् ॥ ये च मोक्षैषिणो लोके योगिनः सांख्यका-
पिलाः ॥ १०० ॥ स्तवेनानेन गच्छन्ति श्वेतद्वीपमकल्मषाः ॥ सर्वकामप्रदो ह्येष स्तवोऽनन्तस्य कीर्त्यते ॥ १०१ ॥ यः पठेत्प्रातरुत्थाय शुचिः
प्रयतमानसः ॥ सर्वान्कामानवाप्नोति मानवो नात्र संशयः ॥ १०२ ॥ एष वै वामनो नाम प्रादुर्भावो महात्मनः ॥ वेदविद्भिर्द्विजैरेव पठ्यते वैष्णवं
यशः ॥१०३॥ यस्त्विमं वामनं दिव्यं प्रादुर्भावं महात्मनः ॥ शृणुयान्नियतो भक्त्या सदा पर्वसु पर्वसु ॥१०४॥ परान्विजयते राजा यथा विष्णुर्महा-

है। इसका पाठ करनेसे अपुत्री पुत्रवान् होता है। कन्या इच्छित वर प्राप्त करती है ॥ ९९ ॥ प्रसूता स्त्रीकी प्रसवबाधा दूर हो जाती है। गर्भिणी पुत्र प्रसव करती है। जो लोग मोक्षाभिलाषी होकर सांख्यमतावलम्बी तथा कपिलमतानुवर्ती योगी होते हैं, वे भी इस स्तोत्रका पाठ करके सब पातकोंसे मुक्त होकर श्वेतद्वीपमें निवास करते हैं। श्रीअनन्त भगवानका यह स्तोत्र सब कामनायें पूर्ण कर देता है ॥ १०० ॥ १०१ ॥ जो मनुष्य प्रातःकाल उठकर मनको अपने वशमें करके इस स्तोत्रका पाठ करता है, उसकी सभी अभिलाषायें पूरी हो जाती है। इसमें कोई संशय नहीं है ॥ १०२ ॥ यही महात्मा वामनभगवानके अवतारका वृत्तान्त है। वेदविद् ब्राह्मणगण नारायणके इसी यशका संकीर्तन करते हैं ॥१०३॥ जो मनुष्य पर्वके दिनोंमें भक्तिपूर्वक वामनभगवानकी इस कथाको सुनता है, वह इहलोकमें विष्णुभगवानके समान अपने शत्रुओंको पराजित करके परलोकमें सद्गति प्राप्त करनेमें समर्थ होता है। उसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संसारमें निर्मल यश प्राप्त होता है और विपुल सम्पत्ति मिलती है ॥ १०४ ॥ १०५ ॥ वह मनुष्य वामनभगवानके समान संसारके सब प्राणियोंका प्रिय होता है और पुत्र-पौत्र, आरोग्य तथा गुणसम्पदाकी वृद्धि होती है ॥ १०६ ॥ भगवान कृष्ण द्वैपायन व्यासदेवका कथन है कि इस प्रसंगका पठन-पाठन करनेवाले व्यक्तिपर देवदेव जनार्दन भगवान प्रसन्न हो जाते हैं और उसकी सभी इच्छायें पूर्ण हो जाती हैं ॥ १०७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७३ ॥

(श्रीविष्णुभगवानकी कैलासयात्रा) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे ब्रह्मन् ! देवादिदेव भगवान विष्णु सबके उपास्य होते हुए भी कैलासपति शंकरभगवानके निवासस्थान कैलासपर्वतको किस लिए गये थे ? ॥ १ ॥ तत्त्वदर्शी एवं तपोवृद्ध नारदादि ऋषिगण भी उस पर्वतपर देवादिदेव शंकर भगवानसे मिले थे ॥ २ ॥ मैंने सुना है कि पूर्वकालमें देवादिदेव विष्णु भगवानने भी कठोर तप करते हुए श्रीशंकर भगवानकी आराधना की थी ॥ ३ ॥ इन्द्रादि देवताओंने भी उसी पर्वतपर परम पुरातन देवता जगन्नाथ हरि

बलः ॥ यशो विमलमाप्नोति विपुलं चाप्नुते वसु ॥ १०५ ॥ प्रियो भवति भूतानां सर्वेषां वामनो यथा ॥ पुत्रपौत्राश्च वर्द्धन्ते आरोग्यं गुणसंपदः ॥ १०६ ॥ प्रीयते पठतश्चास्य देवदेवो जनार्दनः ॥ सर्वकामयुतश्चैव कृष्णद्वैपायनोऽब्रवीत् ॥ १०७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वामनप्रादुर्भावो नाम त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७३ ॥

जनमेजय उवाच ॥ किमर्थं भगवान्विष्णुर्देवदेवो जनार्दनः ॥ गतः कैलासशिखरमालयं शंकरस्य च ॥१॥ नारदाद्यैस्तपोवृद्धैर्मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ तत्र दृष्टो महादेवः शंकरो नीललोहितः ॥ २ ॥ केशवेन पुरा विप्र कुर्वता तप उत्तमम् ॥ अर्चितो देवदेवेन शंकरश्चेति नः श्रुतम् ॥ ३ ॥ देवौ तत्र जगन्नाथौ दृष्टवन्तौ पुरातनौ ॥ अर्चयांचक्रिरे देवा इन्द्राद्याः शंकरं हरिम् ॥ ४ ॥ तौ हि देवौ महादेवावेकीभूतौ द्विधा कृतौ ॥ एकात्मानौ जगद्योनी सृष्टिसंहारकारकौ ॥५॥ परस्परसमावेशाज्जगतः पालने स्थितौ ॥ तयोस्तत्र यथावृत्तं कैलासे पर्वतोत्तमे ॥६॥ ऋषयः किमचेष्टन्त दृष्ट्वा तौ पुरुषोत्तमौ ॥ एतत्सर्वमशेषेण वक्तुमर्हसि सत्तम ॥ ७ ॥ यथा गतो हरिर्विष्णुः कृष्णो जिष्णुः पुरातनः ॥ तथा च शंकरः साक्षात्कृतवान्नागभूषणः ॥ एतत्सर्वं विप्रवर्य ब्रूहि तत्त्वेन यत्नतः ॥ ८ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणुष्वावहितो राजन्यथा कृष्णो गतो नगम् ॥ यथा च दृष्टो देवेशः

तथा हरका दर्शन करके उनकी अर्चना की थी ॥ ४ ॥ वे दोनों देवता एकात्मा तथा एकीभूत होकर भी पृथक् रूपसे केवल कल्पित भर हुए हैं । फलतः वे दोनों जगत्की उत्पत्तिके मूल कारण और सृष्टि तथा संहारके बीज हैं ॥ ५ ॥ वे परस्पर एक दूसरेमें समाविष्ट होकर इस संसारका पालन करते हैं । अतएव कैलास पर्वतपर उन दोनोंके मिलनेके बाद जो घटना घटी हो और उन दोनोंका दर्शन करके ऋषियोंने जो कहा हो, वह समस्त वृत्तान्त आद्योपान्त मैं सुनना चाहता हूँ । कृपया आप कहिए ॥ ६ ॥ ७ ॥ पुरातन पुरुष विष्णु, जिष्णु, हरि और कृष्ण जिस निमित्त वहाँ गये हों और नागभूषणधारी श्रीशंकर भगवानने जिस प्रकार उन लोगोंका साक्षात्कार किया हो, वह श्रवण करना ही मेरा प्रधान उद्देश्य है । अतएव आप यत्नपूर्वक तत्सम्बन्धी समस्त वृत्तान्त यथार्थरूपमें मुझे सुनाइए ॥ ८ ॥ वैशम्पायन बोले—हे भगवन् ! भगवान कृष्ण जिस प्रकार कैलास पर्वतपर गये और जिस तरह वृषभवाहन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवादिदेव शंकर भगवानके साथ उनका साक्षात्कार हुआ, यह समस्त वृत्तान्त मैंने कृष्ण द्वैपायन वेदव्यासके मुखारविन्दसे सुना था। जिस प्रकार बहुतेरे मुनियोंने जाकर शंकर भगवानका साक्षात्कार किया और घोर तपस्या की थी, वह सब हाल आप मुझसे सुनिए ॥ ९ ॥ १० ॥ अब मैं गरुड़वाहन भगवान केशवको नमस्कार करके यथाशक्ति और यथाबुद्धि वह कथा कहता हूँ। आप यत्नपूर्वक श्रवण करिए। क्योंकि कथा सुननेके लिए अनिच्छुक, अपढ़, क्रूर तथा तपोवर्जित प्राणीके सम्मुख यह कथा न कहनी चाहिए ॥ ११ ॥ १२ ॥ किन्तु पुण्यात्मा पुरुषके समक्ष इसे कहनेसे यह कथा अत्यन्त पुण्यकारिणी, स्वर्गदायिनी एवं बुद्धिशुद्धिकरी हो उठती है ॥ १३ ॥ वैदिक अर्थसे सम्पन्न यह कैलासवृत्तान्त पुण्यात्मा पुरुषोंको अवश्य सुनना चाहिए। क्योंकि वेदपरायण पुण्यात्मा नारद आदि बड़े-बड़े तपस्वी भी नियतरूपसे उपनिषद्सम्बन्धी बातोंसे परिपूर्ण हरि और हरके इस अति आश्चर्यमय

शंकरो वृषवाहनः ॥ ९ ॥ यथा चचार स तपो यथा ते मुनयो गताः ॥ एवं तयोर्यथा वृत्तं तथा शृणु नरोत्तम ॥ १० ॥ द्वैपायनोऽथ भगवान्यथा प्रोवाच मां तथा ॥ नमस्कृत्य प्रवक्ष्यामि केशवं खगवाहनम् ॥ ११ ॥ यथाशक्ति यथाप्रज्ञं शृणु यत्नेन सुव्रत ॥ न चाशुश्रूषवे वाच्यं नृशंसायातपस्विने ॥१२॥ नानधीताय वक्तव्यं पुण्यं पुण्यवतां सदा ॥ स्वर्ग्यं यशस्यं धन्यं च बुद्धिशुद्धिकरं सदा ॥१३॥ ध्येयं पुण्यात्मनां नित्यमिदं वेदार्थनिश्रितम् ॥ अनेकारण्यसंयुक्तं सेवन्ते नित्यमीदृशम् ॥ १४॥ मुनयो वेदनिरता नारदाद्यास्तपोधनाः ॥ अत्यद्भुतं महापुण्यं वृत्तं कैलासपर्वते ॥ १५॥ शिवयोर्देवयोस्तत्र हरेश्चैव भवस्य ह ॥ हतेष्वसुरसङ्घेषु नरकादिषु भूमिप ॥ १६ ॥ हतेष्वथ नृपेष्वेवं किंचिच्छिष्टेषु शत्रुषु ॥ शासति स्म सदा विष्णुः पृथिवीं पुरुषोत्तमः ॥१७॥ द्वारवत्यां जगन्नाथो वसन्वृष्णिभिरीश्वरः ॥ रुक्मिण्या संगतो देवो वसंस्तत्र पुरे हरिः ॥ १८॥ कदाचिच्च तथा सार्द्धं शेते रात्रौ जगत्पतिः ॥ विहरंश्च यथायोगं प्रीतः प्रीतियुजा तथा ॥ १९ ॥ अथोवाच तदा देवी रुक्मिणी रुक्मभूषणा ॥ पुत्रमिच्छामि देवेश त्वत्तो माधव नन्दनम् ॥२०॥ बलिनं रूपसम्पन्नं त्वयैव सदृशं प्रभो ॥ वृष्णीनामपि नेतारं वीर्यवन्तं तपोनिधिम् ॥२१॥ सर्वशास्त्रार्थकुशलं राजविद्यापुरस्कृतम् ॥ एवमादिगुणैर्युक्तं दातुमर्हसि सत्तम ॥ २२ ॥ त्वयि सर्वस्य दातृत्वं नित्यमेव प्रतिष्ठितम् ॥ त्वं हि सर्वस्य कर्ता च दाता भोक्ता जगत्पतिः ॥२३॥ विशेषतस्तु भृत्यानां शुश्रूषानियतात्मनाम् ॥ वक्तव्यं किमु देवेश यदि भक्ताऽस्मि केशव ॥२४॥ अनुग्रहो यदि स्यान्मे

एवं अत्यन्त पवित्र कैलासवृत्तान्तका श्रवण तथा मनन किया करते हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ नरकादि असुरों एवं शत्रुभूत अन्यान्य राजाओंके मर जानेपर जब पुरुषोत्तम श्रीकृष्णभगवान द्वारकापुरीमें वृष्णियोंसे परिवेष्टित होकर परम सुखपूर्वक निवास करते हुए समस्त पृथिवीका शासन कर रहे थे ॥ १६ ॥ १७ ॥ उसी समय एक बार महारानी रुक्मिणीने रात्रिके समय बातचीतके प्रसंगमें श्रीकृष्णभगवानको सम्बोधित करके कहा—हे देवेश माधव! यदि मुझपर आपकी कृपा हो तो मैं चाहती हूँ कि आपके सदृश बलवान्, रूपवान्, वृष्णिवंशियोंका नेता, तपोनिधि, सर्वशास्त्रपारदर्शी, नीतिविद्याविशारद तथा सभी सद्गुणोंसे सम्पन्न एक सुन्दर पुत्र मेरी कोखसे उत्पन्न हो। यदि आप चाहें तो मुझे ऐसा पुत्र प्रदान कर सकते हैं ॥ १८–२२ ॥ क्योंकि आप प्रसन्न होकर सब कुछ दे सकते हैं। आप समस्त जगत्के कर्ता, सबके दाता, भोक्ता और जगत्पति हैं ॥ २३ ॥ शुश्रूषापरायण भक्तोंपर दया करना आपके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लिए कुछ विस्मयकी बात नहीं है। अतएव आप यदि मुझे भी एक तुच्छ भक्त समझकर मेरेपर अनुग्रह करें तो मुझको एक बल-वीर्यसम्पन्न तथा रुक्मभूषण पुत्र प्रदान करिए ॥२४॥२५॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अपनी प्रियतमा राजरानी रुक्मिणीके इन सुन्दर वचनोंको सुनकर श्रीकृष्णभगवान बहुत प्रसन्न हुए । वे देवादिदेव, रुक्मिशत्रु एवं यदुपति कृष्ण रुक्मिणीको सम्बोधित करके बोले—अयि मानिनि ! तुम जैसे पुत्रकी कामना कर रही हो, मैं तुम्हें वैसा ही पुत्र प्रदान करूँगा ॥ २६ ॥ २७ ॥ हे देवि ! तुम मेरी अनन्यभक्त और मुझपर पूर्ण अनुरक्त हो । इस विषयमें कुछ भी विचारने योग्य नहीं है । मैं तुम्हें अवश्य शत्रुनाशक पुत्र प्रदान करूँगा ॥२८॥ पुत्रके द्वारा सभी लोक पराजित किये जा सकते हैं। 'पुत्' नामका नरक बहुत दुःखदायी है । उस नरकसे छुटकारा पानेके लिए ही लोग इहलोक तथा परलोकमें पुत्रकी कामना करते हैं । पुत्रवान् व्यक्तिके लिए अगणित लोकोंके द्वार खुले रहते

देवदेव जगत्पते ॥ दातुमर्हसि पुत्रं त्वं वीर्यवन्तं जनार्दन ॥ २५ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्तो देवदेवेशः प्रियया प्रीयमाणया ॥ तया
महिष्या रुक्मिण्या रुक्मिशत्रुर्यदूद्वहः ॥ २६ ॥ प्रोवाच वचनं काले रुक्मिणीं यादवेश्वरः ॥ दातास्मि तादृशं पुत्रं यं त्वमिच्छसि भामिनि ॥ २७॥
नित्यं भक्तासि मे देवि नात्र कार्या विचारणा ॥ अवश्यं तव दास्यामि पुत्रं शत्रुनिबर्हणम् ॥ २८ ॥ पुत्रेण लोकाञ्जयति सतां कामदुघा हि ये ॥
नरकं पुदिति ख्यातं दुःखं च नरकं विदुः ॥ २९ ॥ पुदस्त्राणात्ततः पुत्रमिहेच्छन्ति परत्र च ॥ अनन्ताः पुत्रिणो लोकाः पुरुषस्य प्रिये शुभाः
॥ ३० ॥ पतिर्जायां प्रविशति गर्भो भूत्वा स मातरम् ॥ तस्यां पुनर्नवो भूत्वा दशमे मासि जायते ॥ ३१ ॥ पुत्रवन्तं बिभेतीन्द्रः किन्तु तेनाजितं
भवेत् ॥ नापुत्रो विन्दते लोकान्कुपुत्राद्वन्ध्यता वरा ॥ ३२ ॥ कुपुत्रो नरको यस्मात्सुपुत्रात्स्वर्ग एव हि ॥ तस्माद्विनीतं सत्पुत्रं श्रुतवन्तं दयापरम्
॥ ३३ ॥ विद्यया विनयो यस्माद्विद्यायुक्तं सुधार्मिकम् ॥ इच्छेत्पुत्रं पुत्रकामः पुरुषो यत्नवान्बुधः ॥ ३४ ॥ तस्माद्दास्यामि ते पुत्रं विद्यावन्तं
सुधार्मिकम् ॥ एष गच्छामि पुत्रार्थं कैलासं पर्वतोत्तमम् ॥ ३५ ॥ तत्रोपास्य महादेवं शंकरं नीललोहितम् ॥ ततो लब्धास्मि पुत्रं ते भवाद्भूतहिते
रतात् ॥ ३६ ॥ तपसा ब्रह्मचर्येण भवं शंकरमव्ययम् ॥ तोषयित्वा विरूपाक्षमादिदेवमजं विभुम् ॥ ३७ ॥ गमिष्याम्यहमद्यैव द्रष्टुं

हैं ॥ २९ ॥ ३० ॥ वास्तवमें पति ही पुत्ररूपसे पत्नीके गर्भमें प्रविष्ट होता है । गर्भमें प्रविष्ट होकर वही नवीन रूप धारण करके दसवें महीने जन्म लेता है ॥ ३१ ॥ पुत्रवान् व्यक्तिके लिए कोई भी लोक अजेय नहीं रह जाता । यहाँ तक कि पुत्रवान् पुरुषसे इन्द्र भी डरते हैं। पुत्रहीन प्राणीका कोई भी लोक कल्याणकारी नहीं होता। किन्तु कुपुत्रकी अपेक्षा वन्ध्यादोषसे दूषित रहना भी बुरा नहीं होता ॥ ३२ ॥ क्योंकि कुपुत्र साक्षात् नरकका द्वार होता है और सुपुत्र स्वर्गका द्वार । विद्यासे विनयकी प्राप्ति होती है । इसीलिए पुत्राभिलाषी पुरुष बड़े यत्नवान् होकर विद्वान्, दयालु, विनीत, सुधार्मिक और ज्ञानवान् पुत्रकी कामना करते हैं ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ अतएव मैं तुम्हें एक विद्वान्, धर्मात्मा और ज्ञानवान् पुत्र प्रदान करूँगा । लो, मैं अभी पुत्रप्राप्तिके लिए पर्वतोत्तम कैलासपर्वतपर जाता हूँ ॥३५॥ वहाँ नीललोहित शंकरभगवानकी उपासना करके भूतभावना शंकरभगवानसे एक पुत्र प्राप्त करूँगा ॥३६॥ उन अविनाशी, आदिदेव, विभु,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवं त्रिरूपाक्षभगवान्‌को तपस्या तथा ब्रह्मचर्य द्वारा परितुष्ट करना होगा ॥ ३७॥ मैं आज ही वहाँ जाउँगा । मेरी तपस्यासे प्रसन्न होकर वे अवश्य पुत्र प्रदान करेंगे। भगवती उमाके साथ वे बदरीवनमें निवास करते हैं। वह बदरिकाश्रम अति पवित्र, रमणीय एवं तपस्याके लिए बड़ा ही उत्कृष्ट स्थान है। बहुतेरे मुनि वहाँ तप करते हैं। वहाँ चारों ओर अग्निहोत्री होता दिखायी देते हैं और सब दिशायें भगवती भागीरथीके जलसे प्लावित दिखायी देती हैं। वहाँकी वनस्थली मृग, सिंह, हाथी और विविध पक्षियोंसे परिपूर्ण रहती है ॥ ३८–४० ॥ बेरके फल वहाँ प्रचुरमात्रामें मिलते हैं। प्रत्येक वृ॰ प॰ वहाँ वानरोंकी उछल-कूद मची रहती है। बड़े-बड़े वृक्षोंपर बेंतकी लतायें लसी रहती हैं और केलेके वृक्ष सब ओर विद्यमान दिखायी देते हैं ॥ ४१ ॥ वैदिक तत्त्वके विचारमें सुनिपुण तथा प्रमाणकुशल मुनिगण सर्वत्र विराजमान रहते हैं ॥४२॥ एकमात्र शंकर भगवान ही अद्वितीय हैं और वे ही प्रकृत तत्त्व हैं, उन मुनियोंका यह दृढ़ विश्वास है। उनके अतिरिक्त सिद्धार्थतत्पर अन्यान्य सैकड़ों सिद्धगण भी वहाँ रहते है ॥ ४३ ॥ इतिहास और पुराणके ज्ञाता कितने महर्षि वहाँ रहते हैं, यह बताना कठिन है।

शंकरमव्ययम् ॥ स च मे दास्यते पुत्रं तोषितस्तपसा मया ॥ ३८ ॥ तत्र गत्वा महादेवं नमस्कृत्य सहोमया ॥ प्रविश्य बदरीं पुण्यां मुनिजुष्टां तपोमयीम् ॥ ३९ ॥ अग्निहोत्राकुलां दिव्यां गंगाम्बुप्लावितां सदा ॥ मृगपक्षिसमायुक्तां सिंहद्विपशताकुलाम् ॥ ४० ॥ बदरीफलसंपूर्णां वानरक्षोभितद्रुमाम् ॥ वेत्रारूढमहावृक्षां कदलीषण्डमण्डिताम् ॥ ४१ ॥ मुनिभिर्वेदतत्त्वार्थविचारनिपुणैः सदा ॥ वेदनिश्चिततत्त्वार्थैः प्रमाणकुशलैर्युताम् ॥ ४२ ॥ इदमेकमिदं तत्त्वमिति निश्चितमानसैः ॥ उपास्यमानामन्यत्र सिद्धैः सिद्धार्थतत्परैः ॥ ४३ ॥ इतिहासपुराणज्ञैः सेव्यमानां महर्षिभिः ॥ गच्छद्भिः स्वर्गनिलयं परित्यज्य कलेवरम् ॥ ४४॥ प्रसिद्धां महतीं देवीं यास्यामि सुकृतालयाम्॥ इत्युक्त्वा विररामैव देवदेवो जनार्दनः ॥ ४५॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रभातायां तु शर्वर्यां गन्तुमैच्छज्जनार्दनः ॥ हुताग्निः कृतकल्याणः समाप्तवरदक्षिणः ॥ १ ॥ गाश्च दत्त्वाथ विप्रेभ्यो नमस्कृत्य द्विजोत्तमान् ॥ आस्थानमण्डपं कृष्णः प्रविवेश जगत्पतिः ॥ २ ॥ आसनं महदास्थाय कृष्णमाहूय सर्वशः ॥ भलभद्रं शिनेः पुत्रं

सभी महापुरुष अपना शरीर त्यागकर स्वर्गधामकी यात्रा करते हैं ॥ ४४ ॥ अतएव मैं सुकृतिके निवासस्वरूप उस परम प्रसिद्ध बदरीवनमें जाकर देवी पार्वतीके साथ विराजमान भगवान शंकरको प्रणाम करके तपस्या करूँगा। इतना कहकर श्रीकृष्णभगवान मौन हो गये ॥ ४५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं॰ रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी'-भाषाटीकायां चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

(भगवान कृष्णकी कैलासयात्रा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! रात बीती और सबेरा हुआ। भगवान कृष्णने कैलासयात्राकी अभिलाषासे अग्निमें आहुति दी तथा अन्यान्य मांगलिक कार्य सम्पन्न करके ब्राह्मणोंमें दक्षिणा वितरित की ॥ १ ॥ कितने ही ब्राह्मणोंको उन्होंने गोदान भी दिया। तदनन्तर उन विप्रोंको नमस्कार करके वे अपने निवास-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भवनमें गये ॥ २ ॥ वहाँ जा और अपने आसनपर बैठकर उन्होंने शिनिपुत्र, बलभद्र, हार्दिक्य, शुक, सारण, महाबुद्धि उग्रसेन, नीतिनिपुण उद्धव कि जिनके बुद्धिबलसे यादवगण सुखसे जीवन यापन करते थे, जो धर्मपरायण महात्मा यादवों और वृष्णिगणोंके प्रधान नेता थे और जिनकी नीतिसे सदा देवता भी भयभीत रहते थे ॥ ३–५ ॥ विष्णुभगवान भी जिनके बुद्धिबलसे पृथिवीका शासन करते थे, उन देवतुल्य महात्माओं एवं अन्यान्य यादवोंको बुलाकर श्रीकृष्णने कहा—हे यादवगण ! आप सब लोग यहाँ उपस्थित हैं। इस समय मैं जो कह रहा हूँ, उसे ध्यान देकर सुनिए ॥ ६ ॥ ७ ॥ बाल्यकालसे दुष्टोंका दमन करनेके लिए मैं जैसा यत्न कर रहा हूँ, सो आप लोग भलीभाँति जानते हैं। पूतना राक्षसीको मैंने आप लोगोंके सामने मारा था ॥ ८ ॥ बाल्यावस्थामें मैंने केशीका संहार किया था। उन्हीं दिनों मैंने गोवर्धन धारण करके गोकुलकी रक्षा की थी ॥ ९ ॥ देवताओंके समक्ष देवराज इन्द्रने मेरा अभि-

हार्दिक्यं शुकसारणौ ॥ ३ ॥ उग्रसेनं महाबुद्धिमुद्धवं नीतिमत्तरम् ॥ यस्य बुद्धिं समाश्रित्य जीवन्ते यादवाः सुखम् ॥ ४ ॥ नेता च यदुवृष्णीनां स
तु धर्मपरः सदा ॥ यस्य बिभ्यति देवाश्च नीतेस्तस्य महात्मनः ॥ ५ ॥ यस्य बुद्धिवशाद्विष्णुः शशास पृथिवीं सदा ॥ तं च वृष्णिवरं वीरमुद्धवं
देवसुप्रभम् ॥६॥ अन्यानपि यदून्सर्वानुवाच भगवान्हरिः ॥ शृण्वन्तु मम वाक्यानि यादवाः सर्व एव हि ॥ शृणु चापि वचो मह्यं पितुरुद्धव मे सखे
॥७॥ बाल्यात्प्रभृति यो यत्नो मम दुष्टनिबर्हणे ॥ प्रत्यक्षं भवता दृष्टं पूतनानिधनं नृपाः ॥८॥ केशी च निहतो बाल्ये मया बालेन यादवाः ॥ गोव-
र्द्धनो धृतः शैलो गावश्च परिपालिताः ॥९॥ अभिषिक्तोऽस्मि शक्रेण देवानामग्रतः स्थितः ॥ कंसोऽपि निधनं नीतो मया चाणूरमुष्टिकौ ॥१०॥
उग्रसेनोऽभिषिक्तश्च कृता द्वारवती मया ॥ अन्ये चापि नृपा राजन्बलिनो निहता मया ॥११॥ योऽपि वीरो जरासन्धो निगृहीतो बलान्मया ॥ भीमेन
बलिनो राजन्नयेन मम यादवाः ॥ १२ ॥ शृगालो निहतः संख्ये गोमन्ताद्गच्छता मया ॥ योऽपि वीरो दुरात्माऽसौ दानवो नरको हतः ॥१३॥
निष्कण्टकमिमं लोकं कृतवान्राजसत्तमाः ॥ किं तु वीरो नृपो जज्ञे सखा भौमस्य यादवाः ॥ १४ ॥ पौण्ड्रो वीर्यवतां नेता द्वेष्टा चासौ सदा
मम ॥ शिष्यो द्रोणस्य राजेन्द्रो बली ब्रह्मास्त्रवित्कृती ॥ १५ ॥ शास्त्रज्ञो नीतिमान्साक्षान्नेता सर्वस्य यत्नवान् ॥ योद्धा युद्धप्रियो राजा जाम-
दग्न्य इवापरः ॥१६॥ एकान्तशत्रुरस्माकं छिद्रान्वेषी सदा मम ॥ बाधिष्यते पुरीं योद्धा छिद्रं यदि लभेत सः ॥१७॥ न ह्यल्पसाध्यो बलवान्पुण्ड्र-

षेक किया था। मैंने ही कंस तथा चाणूर-मुष्टिकका वध किया था ॥ १० ॥ मैंने ही उग्रसेनको राज्यपदपर अभिषिक्त करके द्वारकापुरी बसायी थी। मैंने कितने ही अन्यान्य बलवान् राजाओंका बध किया था ॥ ११ ॥ जरासन्ध बहुत बलवान् शत्रु था, किन्तु मेरी नीतिके प्रभावसे ही उसका भीमसेनके हाथों विनाश हुआ ॥ १२ ॥ जब मैं गोमन्त पर्वतकी राह जा रहा था, तब युद्ध करके शृगाल असुरका वध मैंने ही किया था। वीर और दुरात्मा नरकासुरको भी मैंने ही मारकर संसारको निष्कण्टक किया था। इस समय भौमासुरका मित्र राजा पौण्ड्र अत्यन्त बलवान् तथा मेरा विद्वेषी हो उठा है। वह पौण्ड्र द्रोणाचार्यका शिष्य, ब्रह्मास्त्र संचालनमें पूर्ण निपुण तथा शास्त्रज्ञ है। विशेष करके नीतिशास्त्रमें तो वह इतना चतुर है कि वर्तमान समयके सब नीतिज्ञोंका नेता कहा जा सकता है। स्वयं भी वह बड़ा युद्धप्रिय और योद्धा है। वह परशुरामका दूसरा अवतार है ॥ १३–१६ ॥ इस समय वह मेरा सबसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रबल शत्रु है और सदा मौका देखा करता है । यदि तनिक भी उसे अवसर मिला तो वह मेरी पुरीको कष्ट देने लगेगा ॥ १७ ॥ आक्रमण कर देनेपर बलवान् पौण्ड्र साधारण शक्तिसे परास्त न होगा । अतएव आप लोग सदा धनुषधारणपूर्वक सावधान रहें ॥ १८ ॥ जिससे वह मेरी द्वारकापुरीपर आक्रमण न कर सके । मैं कुछ कार्यवश कैलास पर्वतको जा रहा हूँ ॥ १९ ॥ वहाँ मैं भूतभावन शंकर भगवानके दर्शन करना चाहता हूँ । अतएव जबतक मैं वहाँसे लौटकर न आऊँ, तबतक आपलोग बहुत सावधानीके साथ रहें ॥ २० ॥ मैं यहाँ नहीं हूँ, यह जानकर वह अवश्य इस पुरीपर आक्रमण कर देगा । उस परिस्थितिमें भयंकर युद्धकी संभावना रहेगी ॥ २१ ॥ मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह इस पुरीको यादवशून्य कर सकता है । अतएव हे राजाओं ! आप लोग खड्ग, पाश, परशु, पाषाण और कर्षणीप्रभृति शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित होकर पूर्ण सावधान रहें । पुरीके सभी महाद्वार बन्द कर दिये जायँ । जनसाधारणके आवागमनके निमित्त केवल एक द्वार खुला रहे । जो लोग बाहर जाना चाहें, वे राजमुद्रा प्राप्त करके ही बाहर जायँ ॥ २२–२४ ॥ द्वारपालको मुद्रा दिखाये बिना कोई

स्येशो नृपोत्तमाः ॥ यत्ता भवन्तस्तिष्ठन्तु प्रगृहीतशरासनाः ॥ १८ ॥ यथा न बाधते राजा पुरीं यदुकुलाश्रयाम् ॥ अहं तु यास्ये कैलासं कुतश्चित्कारणान्नृपाः ॥ १९ ॥ शंकरं द्रष्टुकामोऽस्मि भूतभावनभावनम् ॥ यावदागमनं मह्यं तावद्यत्ता भवन्त्विह ॥ २० ॥ मया विरहितां चेमां यदि जानाति पुण्ड्रकः ॥ आगमिष्यति राजेन्द्रो योत्स्यते च पुरीमिमाम् ॥ २१ ॥ इमां निर्यादवीं कर्तुं शक्नोतीति च मे मतिः ॥ यत्ता भवत राजेन्द्राः खड्गैः पाशैः परश्वधैः ॥ २२ ॥ पाषाणैः कर्षणीयैश्च सन्नद्धा भवत स्वकैः ॥ पिधाय च कपाटानि महाद्वाराणि यत्नतः ॥ २३ ॥ एक एव महाद्वारो गमनागमने सदा ॥ मुद्रया सह गच्छन्तु राज्ञो ये गन्तुमीप्सवः ॥ २४ ॥ न चामुद्रः प्रवेष्टव्यो द्वारपालस्य पश्यतः ॥ यावदागमनं मह्यं तावदेवं भविष्यति ॥ २५ ॥ मृगया नात्र कर्तव्या न च क्रीडा बहिः पुरात् ॥ ज्ञातव्याश्च परे स्वे च गमनागमने सदा ॥ २६ ॥ एवमादिक्रिया कार्या यावदागमनं मम ॥ इत्युक्त्वा यादवान्सर्वान्सात्यकिं पुनराह च ॥ २७ ॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां पञ्चसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७५ ॥

श्रीभगवानुवाच ॥ सात्यके शृणु मद्वाक्यं यत्तो भव युधांवर ॥ त्वं तु खड्गी गदी भूत्वा चापपाणिस्तनुत्रवान् ॥ १ ॥ तिष्ठ यत्नेन रक्षस्व पुरीं बहुनृपाश्रयाम् ॥ न च निद्रा त्वया कार्या रात्रौ यदुवृष प्रभो ॥ २ ॥ न च व्याख्या त्वया कार्या शास्त्राणां शास्त्रतत्पर ॥ न च

भी मनुष्य नगरीके भीतर न आने पाये । जबतक मैं न लौटूँ, तबतक यह सावधानी बरतनी आवश्यक है ॥२५॥ मेरे लौटने तक मृगया तथा नगरीके बाहर खेल-कूद न हो । नगरीमें आने-जानेवाले स्वपक्ष अथवा परपक्षके लोगोंपर कड़ी नजर रक्खी जाय । जबतक मैं कैलाससे लौट न आऊँ, तबतक मेरी बतायी विधिके अनुसार ही सब काम होना चाहिए । यादवोंसे ऐसा कहकर भगवान कृष्ण सात्यकिसे बोले ॥ २६ ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पंचसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७५ ॥

श्रीकृष्णभगवान बोले—हे सात्यके ! तुम मेरी बात सुनो । तुम सर्वप्रधान योद्धा हो । अतएव कवचधारणपूर्वक खड्ग, गदा और धनुष-बाण धारण करके बड़ा सावधानीके साथ रहते हुए बहुतेरे राजाओंसे भरी हुई इस पुरीकी रक्षा करना । हे यदुश्रेष्ठ ! रातको मत सोना ॥ १ ॥ २ ॥ शास्त्रालोचन तुम्हारा अतीव प्रिय विषय है । अतएव इधर कुछ दिन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शास्त्रव्याख्या न करना। इस बीच किसीके साथ वाद-विवाद भी मत करना ॥ ३ ॥ तुम एक बलवान् योद्धा और धनुर्वेदके विद्वान् हो। अतएव हे वीर! तुम ऐसा व्यापक प्रबन्ध करो कि जिससे मेरी पुरीका किसी प्रकार उपहास न हो ॥ ४ ॥ सात्यकि बोले—हे जनार्दन! आपने जो कुछ कहा है, यथाशक्ति मैं उसका पालन करूँगा। हे जगन्नाथ! मैं यत्न-पूर्वक सदा आपकी आज्ञा शिरोधार्य करूँगा ॥ ५ ॥ आप जब तक न लौटेंगे, तबतक मैं आपके आज्ञाकारी सेवकके समान पहरा दूँगा। यदि आपकी मुझपर कृपा होगी तो मैं समरभूमिमें शत्रुका दमन करनेमें समर्थ हूँगा ॥ ६ ॥ ७ ॥ यदि इन्द्र, यम, कुबेर एवं वरुणादि दिक्पाल भी यहाँ आ जायँ तो मैं उन्हें भी पराजित कर सकता हूँ, फिर नृपोत्तम पौण्ड्र क्या चीज है ॥ ८ ॥ अतएव आप स्वेच्छानुसार अपना कार्यसाधन करने जाइये। मैं यहाँ सदा सतर्क रहूँगा। तदनन्तर कमलनयन भगवान कृष्णने उद्धवसे कहा—हे तात उद्धव! यद्यपि

वादस्त्वया कार्यो वादिभिः सह वृष्णिप ॥ ३ ॥ त्वं हि योद्धा बली ज्ञाता धनुर्वेदाख्यवेदवित् ॥ तथा कुरु यथा वीर नोपहास्या भवेदियम् ॥ ४ ॥ सात्यकिरुवाच ॥ करिष्यामि वचस्तुभ्यं यथाशक्ति जनार्दन ॥ आज्ञा तव जगन्नाथ धार्या यत्नेन मे सदा ॥ ५ ॥ भृत्यवत्प्रचरिष्यामि काम-पालस्य माधव ॥ यावदागमनं तुभ्यं तावत्स्थास्यामि यत्नतः ॥ ६ ॥ प्रसादस्तव गोविन्द यदि स्यान्मयि माधव ॥ किं नाम मे च दुःसाध्यं शत्रूणां निग्रहे रणे ॥ ७ ॥ यदि शक्रं यमं वापि कुबेरमपि पाशिनम् ॥ सर्वानेतान्विजेष्यामि किमु पौण्ड्रं नृपोत्तमम् ॥ ८ ॥ गच्छ कार्यं कुरुष्वेदं यत्तोऽहं सततं हरे ॥ उद्धवं पुनराहेदं कृष्णः पद्मनिभेक्षणः ॥ ९ ॥ शृणूद्धव त्वं वाक्यं मे कुर्यास्त्वेतत्प्रयत्नवान् ॥ रक्ष्या नयेन राजेन्द्र पुरी द्वारवती त्वया ॥ १० ॥ यत्तो भव सदा तात कुरु साहाय्यमत्र नः ॥ लज्जा मम समुत्पन्ना वदतस्तव साम्प्रतम् ॥ ११ ॥ त्वं हि नेता समस्तस्य विद्या-पारस्य सर्वतः ॥ को नु शक्ष्यति मेधावी वक्तुं विद्यावतः पुरः ॥ १२ ॥ यत्कार्यं तद्भवान्वेत्ति ह्यकार्यं वापि सर्वतः ॥ अतोऽहं विरमे तात वक्तुं संप्रति वृष्णिप ॥ १३ ॥ उद्धव उवाच ॥ किमिदं तव गोविन्द वर्त्तते मां प्रति प्रभो ॥ अहो प्रसन्नता मह्यं किंतु प्रीतिरियं तव ॥ १४ ॥ जाना-म्यहं जगन्नाथ प्रसादस्यैष विस्तरः ॥ यस्य प्रसन्नो भवति तस्य किं नास्ति केशव ॥ १५ ॥ त्वं हि सर्वस्य जगतः कर्ता हर्ता प्रधानतः ॥ प्रभवः

ऐसा कहनेमें मुझे लज्जा आती है। फिर भी मेरी बात मानकर आप अपनी निपुण नीतिसे मेरी द्वारावती पुरीकी रक्षा करें ॥ ९ ॥ १० ॥ आप सदा सावधान रहें और रक्षासम्बन्धी कार्यमें मेरी सहायता करें ॥ ११ ॥ हम लोगोंमें कोई कितना ही ज्ञानवान् क्यों न हो, आप हम सबके नेता हैं। अतएव कौन बुद्धिमान् व्यक्ति आप जैसे विद्याविशारदकी बातोंकी उपेक्षा कर सकता है? और फिर कर्तव्य-अकर्तव्यके विषयमें तो आपसे कुछ छिपा नहीं है। अब मैं आपसे और कुछ न कहूँगा। जिस तरह द्वारकापुरीकी भलीभाँति रक्षा हो सके, वही करो ॥ १२ ॥ १३ ॥ उद्धव बोले—हे गोविन्द! मुझ सेवकके प्रति आप इस प्रकार शिष्टाचारका बर्ताव कर रहे हैं? आप इस शिष्टाचारसे आनन्दित हो रहे हैं, किन्तु मैं तो इसे आपकी कृपा ही समझूँगा ॥ १४ ॥ मैं आपकी कृपासे भलीभाँति परिचित हूँ। जिसपर आपका अनुग्रह हो जाय, उसे भला किस वस्तुका अभाव हो सकता है? ॥ १५ ॥ आप समस्त

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वके कर्ता और हर्ता हैं, आपसे ही सब कार्योंकी उत्पत्ति होती है। वेदविद् विद्वान् आपको वक्ता, श्रोता, ध्याता, ध्यानमय और प्रमाणविद् कहकर आपके गुण गाते हैं। आप देव-शत्रुओंके विजेता और देवताओंके रक्षक हैं ॥ १६ ॥ १७ ॥ आप जैसे प्रभुकी छत्रछायामें हमलोग निष्कण्टक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। आपके इन वचनोंको भी मैं नीति ही मानता हूँ। क्योंकि आप एक असाधारण नीतिज्ञ पुरुष या यों कहिए कि नीतिके भी प्रणेता हैं ॥ १८ ॥ वस्तुतः इस समय आपके सदृश नीतिज्ञ और कौन है ? मेरी भी यही धारणा है कि आप सब कार्योंकी नीतिके निर्धारणमें पूर्ण निपुण हैं ॥ १९ ॥ नीतिज्ञ लोग नीतिमार्गको बहुत दुर्गम बताते हैं। युद्ध-विग्रहके विषयमें मानवी नीति चार प्रकारकी होती है—साम, दाम, दण्ड और भेद। शत्रु साधारण हो तो साम, बलवान् हो तो दाम, दण्डयोग्य होनेपर दण्ड और इन तीनोंसे भिन्न स्थितिमें भेदनीति उपयोगमें लायी जाती है। यही नीतिज्ञोंका

सर्वकार्याणां वक्ता श्रोता प्रमाणवित् ॥१६॥ ध्याता ध्यानमयो ध्येय इति ब्रह्मविदो विदुः ॥ जेता देवरिपूणां च गोप्ता नाकसदां भवान् ॥ १७ ॥ त्वन्नाथा वयमेवेति जीवामो निहतद्विषः ॥ इयं नीतिरहं मन्ये नेता नीतेर्यतो भवान् ॥ १८ ॥ को नु नाम नयो वेद त्वां विना साम्प्रतं वद ॥ नीतिस्त्वं सर्वकार्याणामिति मे निश्चिता मतिः ॥ १९ ॥ दुर्गाढो नयमार्गोऽयमित्याहुस्तद्विदो जनाः ॥ चतुर्द्धा प्रोच्यते नीतिः सामदाने जनार्दन ॥ २० ॥ दण्डो भेदो मनुष्याणां निग्रहावग्रहे सदा ॥ दण्ड्येषु दण्डमिच्छन्ति सामान्यं तु नये हरे ॥ २१ ॥ बलवत्स्वथ दानं तु त्रयाणां वेद-गोचरे ॥ प्रयोक्तव्यो महाभेद इति नीतिमतां मतम् ॥ २२ ॥ तेषु तेष्वथ सर्वेषु प्रमाणं त्वां विदुर्बुधाः ॥ किमत्र बहुनोक्तेन सर्वं त्वयि समर्पितम् ॥ २३ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्त्वा विररामैव उद्धवो नीतिमत्तरः ॥ ततः स भगवान्विष्णुरेवमेव नृपोत्तम ॥ २४ ॥ कामपालं महाबाहुमुग्राच यदुसंसदि ॥ उग्रसेनं नृपं राजंस्तथा हार्दिक्यमेव च ॥२५॥ कामपालं पुनर्विष्णुरिदं प्रोवाच तत्त्ववित् ॥ न प्रमादस्त्वया कार्यः सर्वदा यत्नवान्भव ॥ २६ ॥ स्थिते त्वयि महाबाहो का पीडा जगतो भवेत् ॥ गदी भव सदा त्वार्य न क्रीडा सर्वदा भवेत् ॥ २७ ॥ रक्ष त्वं सर्वदा यत्नात्पुरीं द्वार-वतीं प्रभो ॥ नोपहास्या यथा स्याम तथा कुरु गदी भव ॥२८॥ उत्साहः सर्वथा कार्यो निरुत्साहो न यत्नतः ॥ बाढमित्यब्रवीद्रामः कृष्णं वृष्णि-

सिद्धान्त है ॥ २०–२२ ॥ विद्वान् पुरुष सब विषयोंमें आपको ही प्रमाण मानते हैं। अतएव इस विषयमें और अधिक क्या कहूँ, सारा भार आपपर है। अब जो उचित समझिए, सो करिए ॥ २३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! नीतिमान् उद्धव ऐसा कहकर चुप हो गये। तदनन्तर भगवान् कृष्णने उस सभामें महाबाहु बलराम, हार्दिक्य और राजा उग्रसेनको सम्बोधित करके यही बात कही ॥ २४ ॥ २५ ॥ कुछ देर बाद उन्होंने बलरामको पुनः सम्बोधित करके कहा—आर्य ! आप सदा सतर्क और यत्नवान् रहिएगा ॥ २६ ॥ हे महा-बाहो ! आपके रहते संसारमें किसी उपद्रवकी सम्भावना नहीं है। हाँ, अब आप नित्य क्रीडासक्त न रहकर गदा धारण करके परम यत्नके साथ द्वारकापुरीकी रक्षा करिएगा। जिससे हमलोगोंको उपाहासास्पद न होना पड़े ॥ २७ ॥ २८ ॥ आप अपने साध्य कार्यके विषयमें निरुत्साह न हों। बल्कि सदा उत्साहसम्पन्न रहिएगा। भगवान कृष्णके वचन सुनकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बलरामने 'तथास्तु' कहा ॥ २९ ॥ इसके बाद सभा भंग हो गयी और सभी वृष्णिवंशी यादव सभासद अपने-अपने घर चले गये। तदनन्तर भगवान कृष्ण पर्वतोत्तम कैलासको जानेके लिए उद्यत हुए ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७६ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर जगत्पति विष्णुभगवान पक्षिराज गरुड़का स्मरण करके मन ही मन कहने लगे—हे तार्क्ष्य ! शीघ्र आओ ॥ १ ॥ हे महाराज ! वेदराशिस्वरूप, बलवान्, विक्रमशाली, योगी और शास्त्रवेत्ता भगवान् गरुड़ परम पावन यज्ञरूप धारण करके तत्काल श्रीकृष्णके समक्ष जा पहुँचे। सामवेद उनका मस्तक और ऋग्वेद उनका पंख था। उनका पिंगल वर्ण था और आकृति जटिल थी। उनकी चोंच लाल थी और नेत्र कमलसदृश थे। वे सोमरसापहारी, पन्नगारि, राक्षस और असुरकुलके विजेता, दानवीगर्भविदारक,

कुलोद्वहम् ॥ २९ ॥ वृष्णयः सर्व एवैते स्वं स्वं सद्म समाययुः ॥ गन्तुमैच्छज्जगन्नाथः कैलासं पर्वतोत्तमम् ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः संचिन्तयामास गरुडं पक्षिपुङ्गवम् ॥ आगच्छ त्वरितं तार्क्ष्य इति विष्णुर्जगत्पतिः ॥ १ ॥ ततः स भगवांस्तार्क्ष्यो वेदराशिरिति स्मृतः ॥ बलवान्विक्रमी योगी शास्त्रनेता कुरूद्वह ॥ २ ॥ यज्ञमूर्तिः पुराणात्मा साममूर्द्धा च पावनः ॥ ऋग्वेदपक्षवान्पक्षी पिङ्गलो जटिलाकृतिः ॥ ३ ॥ ताम्रतुण्डः सोमहरः शक्रजेता महाशिराः ॥ पन्नगारिः पद्मनेत्रः साक्षाद्विष्णुरिवापरः ॥ ४ ॥ वाहनं देवदेवस्य दानवीगर्भकृन्तनः ॥ राक्षसासुरसङ्घानां जेता पक्षबलेन यः ॥ ५ ॥ प्रादुरासीन्महावीर्यः केशवस्याग्रतस्तदा ॥ जानुभ्यामपतद्भूमौ नमो विष्णो जगत्पते ॥ ६ ॥ नमस्ते देवदेवेश हरे स्वामिन्निति ब्रुवन् ॥ पस्पर्श पाणिना कृष्णः स्वागतं तार्क्ष्यपुङ्गवम् ॥ ७ ॥ इत्युवाच तदा तार्क्ष्य यास्ये कैलासपर्वतम् ॥ शूलिनं द्रष्टुमिच्छामि शंकरं शाश्वतं शिवम् ॥ ८ ॥ बाढमित्यब्रवीत्तार्क्ष्य आरुह्यैनं जनार्दनः ॥ तिष्ठध्वमिति होवाच यादवान्पार्श्ववर्तिनः ॥ ९ ॥ ततो ययौ जगन्नाथो दिशं प्रागुत्तरां हरिः ॥ रवेण महता तार्क्ष्यस्त्रैलोक्यं समकम्पयत् ॥ १० ॥ सागरं क्षोभयामास पद्भ्यां पक्षी व्रजंस्तदा ॥ पक्षेण पर्वतान्सर्वान्वहन्देवं जनार्दनम् ॥ ११ ॥ ततो देवाः सगन्धर्वा आकाशेऽधिष्ठितास्तदा ॥ तुष्टुवुः पुण्डरीकाक्षं वाग्भिरिष्टा-

अपने पक्षबलसे असुरोंके विजेता और उपेन्द्रवाहन गरुड़ने भगवानके सम्मुख पहुँचते ही अपने दोनों घुटनोंको मोड़ तथा मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और कहा—॥ २—६ ॥ हे देवेश ! हे हरे ! हे स्वामिन् ! आपको नमस्कार है। तदनन्तर भगवान कृष्णने गरुड़के शरीरपर हाथ फेर तथा स्वागत करके कहा—हे पक्षिपुंगव ! कल्याणकर्ता तथा शाश्वत देव शंकरभगवानका दर्शन करनेके लिए मैं कैलासपर्वतपर चलना चाहता हूँ ॥ ७ ॥ ८ ॥ गरुड़ 'बहुत अच्छा' कहकर तत्काल तैयार हो गये। तब भगवान कृष्णने अपने पार्श्ववर्ती यादवोंको सम्बोधित करके कहा—अब आप लोग सावधानीके साथ यहाँ रहिएगा। मैं जाता हूँ ॥ ९ ॥ ऐसा कहकर भगवान गरुड़की पीठपर जा बैठे और उत्तर दिशाको चल पड़े। गरुड़की उड़ानके कोलाहलसे तीनों लोक काँप उठे ॥ १० ॥ उनके पादविक्षेपसे समुद्र क्षुब्ध एवं पंखपवनसे पर्वतगण हिल गये ॥ ११ ॥ उसी समय देवता और गन्धर्वगण आकाशमें स्थित होकर अपने प्रिय वाक्योंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पुण्डरीकाक्ष श्रीकृष्णकी स्तुति करते हुए कहने लगे—॥ १२ ॥ हे देव जगन्नाथ ! हे जगत्पते विष्णो ! हे भूतभावन ! हे भगवन् ! हे जयाजेय ! आपको नमस्कार है ॥ १३ ॥ हे दैत्य-दानवनाशन परमसिंह ! आपको नमस्कार है। हे जयाजेय ! हे हरे ! हे देव ! हे योगिध्येय ! हे परागते ! हे नारायणदेव ! हे कृष्ण-कृष्ण ! हे हरे-हरे ! हे आदिकर्ता ! हे पुराणात्मन् ! हे ब्रह्मयोने ! हे सनातन ! आपको नमस्कार है ॥ १४ ॥ १५ ॥ हे सर्वेश ! हे गुणात्मन् ! हे भक्तिप्रिय ! हे भक्त ! हे दानवनाशन ! आपको नमस्कार है ॥ १६ ॥ हे अचिन्त्यरूप ! हे सकलेश्वर ! आपको प्रणाम है। ऐसी-ऐसी बहुतेरी बातें कहकर देवता, गन्धर्व, ऋषि, सिद्ध और चारणोंने उनकी स्तुति की। जगत्पति भगवान कृष्ण उनकी स्तुति सुनते हुए देवताओं तथा वेदपारदर्शी मुनियोंके साथ उस कैलासपर्वतको गये, जहाँ किसी समय विष्णुभगवानने कठोर तप किया था ॥ १७–१९ ॥ लोकोंकी वृद्धि करनेवाले भगवान विष्णुने वहाँ दस हजार

भिरीश्वरम् ॥१२॥ जय देव जगन्नाथ जय विष्णो जगत्पते ॥ जयाजेय नमो देव भूतभावन भावन ॥१३॥ नमः परमसिंहाय दैत्यदानवनाशन ॥
जयाजेय हरे देव योगिध्येय परागते ॥ १४ ॥ नारायण नमो देव कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥ आदिकर्तः पुराणात्मन्ब्रह्मयोने सनातन ॥१५॥ नमस्ते
सकलेशाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ भक्तिप्रियाय भक्ताय नमो दानवनाशन ॥ १६ ॥ अचिन्त्यमूर्तये तुभ्यं नमस्ते सकलेश्वर ॥ इत्यादिभिस्तदा
देवं वाग्भिरीशानमव्ययम् ॥ १७ ॥ तुष्टुवुर्देवगन्धर्वा ऋषयः सिद्धचारणाः ॥ शृण्वन्नेवं जगन्नाथः स्तुतिवाक्यानि तानि च ॥ १८ ॥ ययौ सार्द्धं
सुरगणैर्मुनिभिर्वेदपारगैः ॥ यत्र पूर्वं स्वयं विष्णुस्तपस्तेपे सुदारुणम् ॥ १९ ॥ लोकवृद्धिकरः श्रीमाँल्लोकानां हितकाम्यया ॥ वर्षायुतं तपस्तप्तं
विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ २० ॥ यत्र विष्णुर्जगन्नाथस्तपस्तप्त्वा सुदारुणम् ॥ द्विधाऽकरोत्स्वमात्मानं नरनारायणाख्यया ॥ २१ ॥ गङ्गा यत्र
सरिच्छ्रेष्ठा मध्ये धावति पावनी ॥ यत्र शक्रः स्वयं हत्वा वृत्रं वेदार्थतत्त्वगम् ॥ २२ ॥ ब्रह्महत्याविनाशार्थं तपो वर्षायुतं चरत् ॥ यत्र सिद्धाश्च
सिद्धाः स्युर्ध्यात्वा देवं जनार्दनम् ॥ २३ ॥ यत्र हत्वा रणे रामो रावणं लोकरावणम् ॥ एतच्छासनमिच्छंश्च तपो घोरमतप्यत ॥ २४ ॥ देवाश्च
मुनयश्चैव सिद्धिं यान्ति शुचिव्रताः ॥ यत्र नित्यं जगन्नाथः साक्षाद्वसति केशवः ॥ २५ ॥ यत्र यज्ञाः प्रवर्तन्ते नित्यं मुनिगणैः सह ॥ यस्याः
स्मरणमात्रेण नरः स्वर्गं गमिष्यति ॥ २६ ॥ स्वर्गसोपानमिच्छन्ति यां पुण्यां मुनिसत्तमाः ॥ शत्रवो मित्रतां यान्ति यत्र नित्यं नृपोत्तम ॥ २७ ॥

वर्षतक सुदारुण तपस्या की थी ॥ २० ॥ जहाँ विष्णुभगवान कठोर तप करनेके बाद अपने आपको दो भागोंमें विभक्त करके नर-नारायणरूपमें अवतीर्ण हुए थे ॥ २१ ॥ सरिद्वरा पवित्र गंगा जहाँ नित्य बड़े वेगसे बहती हैं। देवराज इन्द्रने जहाँ वेदार्थके तत्त्वज्ञ वृत्रासुरका वध करके ब्रह्महत्याजनित पापको दूर करनेके लिए दस हजार वर्षतक तप किया था। जहाँ रहकर भगवान जनार्दनका ध्यान करते हुए सिद्धोंने सिद्धि प्राप्त की थी। लोकभयंकर रावणका वध करके भगवान रामचन्द्रने जहाँ घोर तपस्या की थी ॥२२–२४॥ अनेक देवताओं और मुनियोंने जहाँ पवित्र व्रत लेकर सिद्धि प्राप्त की थी। साक्षात् जगन्नाथ केशवभगवान जहाँ नियमितरूपसे निवास करते हैं ॥ २५ ॥ जहाँ मुनियोंके साथ सभी यज्ञ सदा विद्यमान रहते हैं। जिस स्थलीका स्मरणमात्र कर लेनेपर लोग स्वर्गगमनमें समर्थ होते हैं ॥२६॥ जहाँ पहुँचते ही शत्रुओंसे भी मित्रता हो जाती है। जहाँके निवासी स्वर्गसोपानकी इच्छा करने लगते हैं ॥२७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जो स्थान पुण्यात्मा तथा धार्मिक पुरुषोंके लिए बहुत उत्कृष्ट माना जा चुका है। जहाँ भगवान विष्णुकी आराधना करके बहुतेरे देवता स्वर्ग प्राप्त कर चुके हैं ॥ २८॥ वीतराग मुनिगण जिस स्थानको सिद्धक्षेत्र कहते हैं। उसी ऋषिपरिपूर्ण पुण्यधाम बदरीवनका दर्शन करनेके लिए बहुतेरे ऋषियों तथा देवताओंके साथ श्रीकृष्णभगवान सायंकालके समय वहाँ पहुँचे ॥ २९ ॥ ३० ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने देखा कि चारों ओर अग्निहोत्र और यज्ञ हो रहा है। पक्षिवृन्द अपने-अपने घोंसलेमें घुसकर कलरव कर रहे हैं और गौवें दुही जा रही हैं ॥३१॥ मुनीन्द्रगण कुशासनपर बैठकर ध्यानावलम्बनपूर्वक भगवचिन्तन कर रहे हैं ॥ ३२ ॥ चारों ओर हविका अधिश्रयण हो रहा है और प्रज्वलित अग्निमें आहुतियाँ डाली जा रही हैं ॥ ३३ ॥ स्थान-स्थानपर आये हुए अतिथियोंका सत्कार हो रहा है। धीरे-धीरे समस्त संसार सन्ध्याकालीन अन्धकारसे ढँक गया। उसी समय जनार्दन कृष्ण देवताओंके साथ उस

यामाहुः पुण्यशीलानां स्थानमुत्तमधर्मिणाम् ॥ यत्र विष्णुं समाराध्य देवाः स्वर्गं समाययुः ॥ २८ ॥ सिद्धक्षेत्रमिदं प्राहुर्ऋषयो वीतमत्सराः ॥ विशालां बदरीं विष्णुस्तां द्रष्टुं सकलेश्वरः ॥ २९ ॥ सायाह्ने चामरगणैर्मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ प्रविवेश महापुण्यमृषिजुष्टं तपोवनम् ॥ ३० ॥ अग्निहोत्राकुले काले पक्षिव्याहारसंकुले ॥ नीडस्थेषु विहङ्गेषु दुह्यमानासु गोषु च ॥ ३१ ॥ ऋषिष्वप्यथ तिष्ठत्सु मुनिवीरेषु सर्वतः ॥ समाधिस्थेषु सिद्धेषु चिन्तयत्सु जनार्दनम् ॥ ३२ ॥ अधिश्रितेषु हविषु ज्वाल्यमानेषु चाग्निषु ॥ हूयमानेषु तत्रैव पावकेषु समन्ततः ॥ ३३ ॥ अतिथौ पूज्यमाने च संध्याविष्टे जगन्मये ॥ स तस्यामथ वेलायां देवैः सह जनार्दनः ॥ ३४ ॥ विवेश बदरीं विष्णुर्मुनिजुष्टां तपोमयीम् ॥ आश्रमस्याथ मध्यं तु प्रविश्य हरिरीश्वरः ॥ ३५ ॥ गरुडादवरुह्याथ दीपिकादीपिते तदा ॥ प्रदेशे पुण्डरीकाक्षः स्थितस्तावत्सहामरैः ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो मुनिगणा दृष्ट्वा देवदेवमुपस्थितम् ॥ समाप्य चाग्निहोत्राणि संपूज्यातिथिसत्तमान् ॥ १ ॥ मुनयो दीर्घतपसः समाधौ कृतनिश्चयाः ॥ जटिनो मुण्डिनः केचिच्छिराधमनिसंतताः ॥ २ ॥ निर्मज्जा नीरसाः केचिद्वेताला इव केचन ॥ अश्मकुट्टाशनपराः

तपोमय बदरीवनके मध्यभागमें जा उपस्थित हुए ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ दीपकोंके प्रज्वलित होनेपर वहाँका समस्त भूभाग आलोकित हो उठा। तदनन्तर गरुड़से उतरकर भगवान कृष्णने देवताओंके साथ आसन जमाया ॥ ३६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसी समय तपोनिरत तथा समाधितत्पर मुनिगण अपना अग्निहोत्र तथा अतिथिसेवाका काम समाप्त करके वहाँ उपस्थित सुखासीन देवाधिदेव कृष्णभगवानके पास पहुँचने लगे। वे मुनि बहुत समयसे वहाँ तप कर रहे थे और समाधिदशा प्राप्त करनेके लिए कृतसंकल्प थे। उनमेंसे कुछ जटाधारी और कुछ मुण्डितमुण्ड थे। किसी-किसीके शरीरपर शिरायें (धमनियाँ) उभड़ आयी थीं। कुछ मुनि मज्जाशून्य तथा नितान्त शुष्कशरीर और कुछ वेतालके समान उन्मत्त थे। उनके अतिरिक्त कुछ मुनि पत्थरसे कुटे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्नका आहार करनेवाले और कुछ पत्राहारी थे ॥ १—३ ॥ वेदस्नात, व्रतस्नात, निराहार, विष्णुभक्त और विष्णुपरायण उन मुनियोंमेंसे किसी-किसीकी मुक्ति समीप आ गयी थी।
कुछ मुनि ध्यानतत्पर थे और कुछको ध्यानयोग द्वारा विष्णुभगवानका साक्षात् दर्शन प्राप्त हो चुका था ॥ ४ ॥ ५ ॥ श्रुति तथा स्मृतिपरायण कुछ मुनि वर्षभर निराहार रह चुके थे।
कुछ मुनि जलमें बैठकर ऐसी तपस्या कर रहे थे कि उन्हें देखकर इन्द्रतक भयभीत हो गये थे ॥ ६ ॥ ये समस्त ऋषि तथा वसिष्ठ, वामदेव, रैभ्य, धूम्र, जाबालि, कश्यप, कण्व,
भरद्वाज, गौतम, ॥ ७ ॥ अत्रि, अश्वशिरा, भद्र, शंख, शंखनिधि, कुणि, पाराशर्य, पवित्राक्ष, महामना याज्ञवल्क्य, ॥ ८ ॥ कक्षीवान्, अंगिरा, मुनि दीप्ततपा, असित, देवल, महातपा
वाल्मीकि ॥ ९ ॥ एवं अन्यान्य मुनिगण हाथमें अर्घ्य ले-लेकर उन अविनाशी ईश्वर श्रीकृष्ण भगवानका दर्शन करनेके लिए अपनी-अपनी पर्णकुटीसे बाहर निकले ॥ १० ॥ तदनन्तर

पर्णभक्षास्तथाऽपरे ॥ ३ ॥ वेदविद्याव्रतस्नाता निराहारा महातपाः ॥ स्मरन्तः सर्वदा विष्णुं तद्भक्तास्तत्परायणाः ॥ ४ ॥ आसन्नमुक्तयः
केचित्केचिद्ध्यानैकतत्पराः ॥ ध्यानेन मनसा विष्णुं दृष्टवन्तस्तपोधनाः ॥ ५ ॥ संवत्सराशिनः केचित्केचिज्जलविचारिणः ॥ शक्रस्य भयदातारः
श्रुतिस्मृतिपरायणाः ॥ ६ ॥ वसिष्ठो वामदेवश्च रैभ्यो धूम्रस्तथैव च ॥ जाबालिः कश्यपः कण्वो भरद्वाजोऽथ गौतमः ॥ ७ ॥ अत्रिरश्वशिरा भद्रः
शङ्खः शङ्खनिधिः कुणिः ॥ पाराशर्यः पवित्राक्षो याज्ञवल्क्यो महामनाः ॥ ८ ॥ कक्षीवानङ्गिराश्चैव मुनिर्दीप्ततपास्तथा ॥ असितो देवलस्तात
वाल्मीकिश्च महातपाः ॥९॥ एते चान्ये च मुनयो द्रष्टुमीश्वरमव्ययम् ॥ आदायार्घ्यं यथायोग्यमुटजात्स्वात्समाययुः ॥१०॥ ते च गत्वा हरिं कृष्णं
विष्णुमीशं जनार्दनम् ॥ भक्तिनम्रास्तदा देवं प्रणेमुर्भक्तवत्सलम् ॥ ११ ॥ नमोऽस्तु कृष्ण कृष्णेति देवदेवेति केशवम् ॥ प्रणवात्मञ्जगन्नाथ नताः
स्म शिरसा हरे ॥ १२ ॥ कृष्ण विष्णो हृषीकेश केशवेति च सर्वदा ॥ प्रणामप्रवणा विप्राः प्राहुरित्थं जगत्पतिम् ॥ १३ ॥ इमदर्घ्यमिदं पाद्यमिदं
विष्टरमेव च ॥ कृतार्थाः सर्वदा देव प्रसन्नो नो जगत्पतिः ॥ १४ ॥ किं कुर्मः किं नु नः कृत्यं कश्चिद्दोषः प्रभो हरे ॥ इति प्राञ्जलयः सर्वे प्राहु-
र्देवस्य पश्यतः ॥ १५ ॥ कृष्णोऽपि तद्यथायोगमुपयुज्य सहामरैः ॥ कृतं सर्वं मुनिवरा वर्द्धतां तप उत्तमम् ॥ १६ ॥ इति ब्रुवन्पुराणात्मा प्रीत-

उन्होंने श्रीकृष्णभगवानके पास उपस्थित हो और भक्तिपूर्वक मस्तक झुकाकर भक्तवत्सल भगवानको प्रणाम किया ॥ ११ ॥ उनमेंसे कुछ मुनि बोले—हे कृष्ण! हे कृष्ण! हे देवदेव!
हे प्रणवात्मन्! हे जगन्नाथ! हे हरे! मैं मस्तक झुकाकर आपको प्रणाम करता हूँ ॥ १२ ॥ हे कृष्ण! हे विष्णो! हे हृषीकेश! हे केशव! ऐसा कहते हुए बहुतेरे विप्रोंने उन्हें प्रणाम
किया ॥१३॥ वे फिर बोले—हे भगवन्! यह अर्घ्य, पाद्य और कुशासन स्वीकार करिए। यदि आप हमपर प्रसन्न हैं तो हम सब प्रकारसे कृतार्थ हो गये ॥१४॥ अब हमें क्या करना
होगा, सो बताइए। हे प्रभो! हे हरे! हममें क्या कोई दोष घर किये हुए है? ऐसा कह और हाथ जोड़कर वे सब मुनि कृष्णभगवानके समक्ष विनम्रभावसे खड़े हो गये ॥ १५ ॥
भगवान कृष्णने भी प्रत्येक मुनिका यथोचित आदर करके कहा—हे मुनिजनों! आप सबने अपने अनुरूप कार्य किया है। आप लोगोंका तप बढ़े ॥१६॥ ऐसा कहकर उन पुराणपुरुषने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गरुड द्वारा उन्हें बैठनेके लिए आसनकी अवस्था करायी ॥ १७ ॥ जब वे मुनिगण सुखपूर्वक अपने-अपने आसनपर बैठ गये, तब भगवान विष्णुने फिर उन मुनियोंसे अग्निहोत्र, तपस्या तथा सुखसे दिन बीतने आदि समस्त विषयोंका कुशल-क्षेम पूछा ॥ १८ ॥ इसपर मुनिजनोंने अपना सर्वाङ्गीण कुशलसमाचार कह सुनाया ॥ १९ ॥ कुशलसमाचार बतानेके बाद फल, फूल और नीवार प्रदान करके उन्होंने भगवानका आतिथ्य सत्कार किया। उनका आतिथ्य स्वीकार करके जनार्दन भगवान कृष्ण बहुत प्रसन्न हुए ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७८ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवानके भावको कौन समझ सकता है। तदनन्तर यादवेन्द्र श्रीकृष्ण भगवान सबसे पहले गंगाजीके उत्तरी तटपर जहाँ पहले तप किया

स्तेन गरुत्मता ॥ आसनं लम्भयामास रात्रौ देवो जनार्दनः ॥ १७ ॥ कुशलं पृष्टवान्भूयो मुनीनां भावितात्मनाम् ॥ अग्निहोत्रेषु तपसि यथा भृत्येषु सर्वतः ॥ १८ ॥ एवमादि जगन्नाथः पृष्टवानीश्वरस्तदा ॥ सर्वत्र कुशलं तेऽत्र ब्रूयुः कृष्णस्य सर्वतः ॥ १९ ॥ आतिथ्यं चक्रिरे ते तु नीवारैः फलमूलकैः ॥ देवानामथ सर्वेषां विष्णोः कृष्णस्य यत्नतः ॥ आतिथ्यमुपयुञ्जानस्ततः प्रीतोऽभवद्धरिः ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायामष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः स भगवान्विष्णुर्दुर्विज्ञेयगतिः प्रभुः ॥ यत्र पूर्वं तपस्तप्तमात्मना यादवेश्वरः ॥ १ ॥ गङ्गायाश्चोत्तरे तीरे देशं द्रष्टुमुपागतः ॥ स्वयमेव हरिः साक्षात्प्रविवेश तपोवनम् ॥ २ ॥ प्रविश्य सुचिरं देशं ददर्श च मनोरमम् ॥ निषसाद ततस्तस्मिन्नाश्रमे पुण्यवर्द्धनः ॥ ३ ॥ समाधौ योजयामास मनः पद्मनिभेक्षणः ॥ किमप्येष जगन्नाथो ध्यात्वा देवेश्वरः स्थितः ॥ ४ ॥ स्थिते देवगुरौ तत्र समाधौ दीपवद्धरौ ॥ तत्र शब्दो महाघोरः प्रादुरासीत्समन्ततः ॥ ५ ॥ खाद खादत मोदेत यात यात मृगानिमान् ॥ प्रेषयेह पुनः सर्वान्प्रसादाच्छार्ङ्गधन्वनः ॥ ६ ॥ एष विष्णुरयं कृष्णो हरिरीश इतोऽच्युतः ॥ नमोऽस्तु विष्णो देवेश स्वामिन्माधव केशव ॥ ७ ॥ इत्यादिशब्दः सुमहानाविरासीत्तदा निशि ॥ ततश्च सुमहानादः सिंहानां मृगविद्विषाम् ॥ ८ ॥ धावतां च शुनां राजन्मृगाननु विनर्दताम् ॥ मृगाणां भीतियुक्तानामृक्षाणां द्वीपिनां

था, वह स्थान देखनेको गये ॥ १ ॥ २ ॥ स्थान देखनेके निमित्त तपोवनमें जाकर वे बड़ी देरतक कोई जगह तजबीजने लगे। स्थान मनोनीत हो जानेपर वे उसी पुण्यवर्धन आश्रममें बैठकर ध्यानमग्न हो गये। किन्तु वे किसका और कैसा ध्यान कर रहे थे, यह बात वे ही जानें ॥ ३ ॥ ४ ॥ अस्तु, वे तत्काल समाधिस्थ हो गये। उस स्थानपर दीपक जलने लगे। उसी समय वहाँ चारों ओर एकाएक जोरोंका कोलाहल होने लगा ॥ ५ ॥ कुछ लोग चिल्ला रहे थे—लो, डसे खा लो, खाकर आनन्द करो, उन मृगोंका पीछा करो, भगवान शार्ङ्गधन्वाको प्रसन्न करनेके लिए उन्हें यहाँ भेजो ॥६॥ ये भगवान विष्णु, कृष्ण, हरि, ईश और अच्युत हैं। हे विष्णो! हे देवेश! हे स्वामिन्! हे माधव! हे केशव! इत्यादिका महान् निनाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होने लगा। तदनन्तर भयभीत मृग, भल्लूक, सिंह और मृगविद्वेषी कुत्तोंके भूँकनेका शब्द सुनायी देने लगा ॥ ७–९ ॥ चिल्लाते हुए हाथियोंका चीत्कार तथा उन अन्यान्य जीवोंका कोलाहल सुनकर ऐसा लगता था कि मानो समुद्र क्षुब्ध होकर हाहाकार कर रहा है ॥१०॥ तीनों लोकोंको भयभीत कर देनेवाला वह घनघोर शब्द रात्रिके समय उठा था। समाधिस्थ श्रीकृष्णने भी वह शब्द सुना ॥११॥ इस प्रकार समाधि भंग हो जानेपर समस्त विश्व तथा जगत्‌के पति श्रीकृष्ण मन ही मन सोचने लगे कि सहसा इतना भयानक कोलाहल क्यों मच गया ॥१२॥ मेरी स्तुतिसे युक्त यह शब्द किसका है ? तनिक देरतक विचार करनेके बाद उन्होंने यह निर्णय किया कि मृगयाके लिए आये लोगोंसे वन्य पशुगण भयार्त होकर इधर-उधर भाग रहे हैं। इसी कारण यह भयानक शब्द उठ रहा है। जो हो, चारों ओर स्तुतिवादमिश्रित जो शब्द उत्थित हो रहा है सो क्या है ? उसका वास्तविक कारण जाननेके लिए भगवान

तथा ॥ ९ ॥ गजानां नदतां राजन्बृंहितं च ततस्ततः ॥ महावातसमुद्धूतक्षुभितस्येव वारिधेः ॥ १० ॥ नादस्त्रैलोक्यवित्रासः प्रादुरासीत्तदा निशि ॥ श्रुत्वा शब्दं हरिर्देवस्तादृशं तत्र धिष्ठितः ॥ ११ ॥ समाधिक्षोभमासाद्य विश्वस्य च जगत्पतिः ॥ ततः संचिन्तयामास कोऽयमेष महास्वनः ॥ १२ ॥ कस्यायमीदृशः शब्दः स्तुतियुक्तो मम त्विति ॥ अहोऽस्मिन्मृगयाशब्दः शुनां संचरतां वने ॥ १३ ॥ मृगाणामथ सर्वेषां नादश्च सुमहानयम् ॥ व्यामिश्रस्तुतियुक्ताभिर्वाग्भिर्मम समन्ततः ॥ १४ ॥ इति संचिन्त्य मनसा दिशो विप्रेक्ष्य सर्वतः ॥ तत आस्ते हरिस्तत्र ज्ञातुं तस्य समुद्भवम् ॥ १५ ॥ ततो मृगाः समाधावन् यत्र तिष्ठति केशवः ॥ तांश्चैवानुचरो राजन्सगणः समपद्यत ॥१६॥ अथ वै दीपिका राजञ्छतशोऽथ सहस्रशः ॥ ततस्तमोऽपि व्यनशद्दिवेव समपद्यत ॥ १७ ॥ ततोऽनु भूतसङ्घाश्च समदृश्यन्त तत्र ह ॥ पिशाचाश्च महाघोरा नदन्तो बहु विस्वनम् ॥१८॥ भक्षयन्तोऽथ पिशितं पिबन्तो रुधिरं बहु ॥ प्रादुरासन्महाघोराः पिशाचा विकृताननाः ॥१९॥ हन्यमाना हता राजन्पतन्तः पतिता मृगाः ॥ इतश्चेतश्च धावन्तो बाणैर्विद्धा मृगा द्विपाः ॥ २० ॥ ततो मृगसहस्राणि समुदीर्णानि भारत ॥ यत्रासौ तिष्ठते देवस्तत्र याता निरन्तरम् ॥ २१ ॥ अन्तरीकृत्य देवेशं स्थितानीत्यनुशुश्रुम ॥ पिशाच्यो विकृताकाराः कराला रोमहर्षणाः ॥ २२ ॥ पुत्रवत्यः समापेतुर्यत्र तिष्ठति केशवः ॥ श्वगणस्तत्र राजेन्द्र चरत्येवं ततस्ततः ॥ २३ ॥ ततः स भगवान्विष्णुः सर्वमालोक्य वेष्टितः ॥ विस्मयं परमं गत्वा पश्यन्नास्ते स्म

कृष्ण स्थिरभावसे चारों ओर निहारने लगे ॥ १३–१५ ॥ उसी समय चारों ओरसे भाग-भागकर मृगगण भगवान कृष्णके पास उपस्थित होने लगे। कुछ कुत्ते भी उनका पीछा करते हुए वहाँ आ पहुँचे ॥ १६ ॥ हे महाराज ! उस समय सहसा हजारों मशालें चारों ओरसे जगमगाने लगीं। अतएव अन्धकार लुप्त होकर दिनके समान प्रकाश फैल गया ॥१७॥ उसके कुछ ही देर बाद भयंकर आकारके भूत और पिशाचगण विकृत स्वरमें विविध प्रकारके शब्द करते हुए वहाँ आने लगे ॥ १८ ॥ उनमेंसे कुछ पिशाच मांसभक्षण और कुछ रुधिरपान कर रहे थे। मृगगण बहेलियोंके बाणोंसे बिंध-बिंधकर धराशायी होने लगे। इस प्रकार बहुतेरे मृगोंके मर जानेपर हजारों मृगोंने भगवान कृष्णके पास पहुँच और उन्हें इस प्रकार परिवेष्टित कर लिया कि भगवान उनके बीच अदृश्य हो गये। उसी समय भयंकर आकारवाली लोमहर्षिणी और पुत्रवती पिशाचिनियाँ भी जुट गयीं ॥१९–२२॥ हे महाराज ! कुत्तोंका झुण्ड अब भी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वहाँ इधर-उधर दौड़ रहा था ॥ २३ ॥ भगवान कृष्ण आद्योपान्त वह परिस्थिति देखकर बहुत विस्मित हुए और उस भयंकर दृश्यको एकटक देखते ही रह गये ॥ २४ ॥ उन्होंने सोचा कि यह भयकर शब्द किसका है और यह विशाल जनसमुदाय किसके साथ यहाँ आया है। मेरी कृपा प्राप्त करनेकी लालसासे कौन भक्तिपूर्वक मेरी स्तुति कर रहा था। किस पुण्यपुरुषकी मुक्ति समीप उपस्थित हो गयी है। मैं उस पुरुषपर अवश्य कृपा करूँगा। भगवान श्रीकृष्ण इस तरह एक सामान्य व्यक्तिके समान इन बातोंपर विचार करने लगे ॥ २५ ॥ २६ ॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि महापुरुषस्तवे पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनाशीतितमोऽध्यायः ॥ ७९ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उनकी उपस्थितिके बाद ही भयंकर आकार और विकृतमुखवाले दो पिशाच वहाँ जा पहुँचे। उनका डील-डौल बहुत ऊँचा था और उनके शरीर-के रोयें पिंगलवर्ण थे। उनकी जीभ बहुत बड़ी थी। उनका चिबुक बहुत विस्तृत था ॥१॥ उन दोनोंके केश बहुत लम्बे थे, नेत्र भयानक थे और वे हा-हा करके बोल रहे थे। वे मांस

केशवः ॥ २४॥ कस्यैष विस्तृतो नादः कस्य वायं जनोऽपतत् ॥ को नु मां स्तौति भक्त्या वै भविष्ये प्रीतिमानहम् ॥ २५ ॥ कस्य मुक्तिः समायाता प्रीते मयि सुदुर्लभा ॥ इति संचिन्त्य भगवानास्ते प्राकृतवद्धरिः ॥ २६ ॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि एकोनाशीतितमोऽध्यायः ॥ ७९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तेषामनु महाघोरौ पिशाचौ विकृताननौ ॥ प्रांशू पिङ्गलरोमाणौ दीर्घजिह्वौ महाहनू ॥ १ ॥ लम्बकेशौ विरूपाक्षौ हा हा हा हेति वादिनौ ॥ खादन्तौ मांसपिटकं पिबन्तौ रुधिरं बहु ॥ २ ॥ आन्त्रवेष्टितसर्वाङ्गौ दीर्घौ कृशकृतोदरौ ॥ लम्बमानमहाप्रान्तशूलप्रोतशिरोधरौ ॥ ३ ॥ कर्षन्तौ शवयूथानि बाहुभ्यां तत्र तत्र ह ॥ हसन्तौ विविधं हासं स्वजातिसदृशं नृप ॥ ४ ॥ वदन्तौ बहुरूपाणि वचांसि प्राकृतानि च ॥ कम्पयन्तौ महावृक्षानुरुपादप्रघट्टनैः ॥ ५ ॥ सृक्किणी लेलिहन्तौ च दन्तान्कटकटायिनौ ॥ अस्थिस्नायुसमाकीर्णौ धमनीरज्जुसंततौ ॥ ६ ॥ वदन्तौ कृष्ण कृष्णेति माधवेति च संततम् ॥ कदा नु द्रक्ष्यते विष्णुः स इदानीं क तिष्ठति ॥ ७ ॥ स्वामिनः कुत्र वसतिः कुतो द्रष्टुं यतामहे ॥ अत्र वा कुत्र देवेशः कुतो नु स्थास्यते हरिः ॥ ८ ॥ कुतः पद्मपलाशाक्षः साक्षादिन्द्रानुजो हरिः ॥ यमाहुः पुण्डरीकाक्षं ब्रह्म

खा-खाकर रुधिर पी रहे थे ॥ २ ॥ उनके समस्त शरीरमें अँतड़ियाँ लिपटी हुई थीं। एक तो वे स्वतः बहुत लम्बे-चौड़े थे, उसपर भी उनकी लम्बी तोंद बहुत कृश हो गयी थी। उनके गलेसे लेकर धरतीतक दो शूल लटक रहे थे। उन दोनों शूलोंमें मानव मस्तक चुभे हुए थे ॥ ३ ॥ वे अपने दोनों हाथोंसे मुर्दे घसीट रहे थे। अपनी जातिके अनुरूप वे त्रिविध प्रकारकी हँसी हँस रहे थे ॥ ४ ॥ वे परस्पर नानाप्रकारके कथापकथन करके बीच-बीचमें प्राकृत भाषाका प्रयोग कर रहे थे। वे दोनों अपने पैरके आघातसे बड़े-बड़े वृक्षोंको कँपा रहे थे। बीच-बीचमें वे होंठ चबाते हुए दाँत किटकिटा रहे थे। उनका शरीर केवल अस्थि, स्नायु और शिरामात्र थी ॥ ५ ॥ ६ ॥ वे दोनों सर्वदा केवल कृष्ण-कृष्ण और माधव-माधव शब्दका उच्चारण कर रहे थे। इस प्रकार सम्बोधन करके वे कहने लगे—मुझे विष्णु भगवान कब दिखायी देंगे? इस समय कहाँ जानेपर उनके दर्शन मिलेंगे? वे देवेश यहाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहाँ हैं ? ॥ ७ ॥ ८ ॥ वेदज्ञ ब्राह्मण जिन्हें ब्रह्म कहते हैं, हमारे वे प्रभु कमलदललोचन देवदेव उपेन्द्रदेव इस समय कहाँ हैं ? ॥ ९ ॥ प्रलयकाल उपस्थित होनेपर ये तीनों लोक जिनके शरीरमें समा जाते हैं, उन्हीं अज और अविनाशी पुरुषका दर्शन करनेके लिए हम यहाँ आये हैं ॥१०॥ कहाँ जानेपर उन अनादि और विश्वकर्ता महापुरुषके दर्शन मिलेंगे ? विविध प्राणि-परिपूर्ण यह विश्वप्रपंच एकमात्र उन्हींका विस्तार है ॥११॥ अब हम उन्हीं महाप्रभुका दर्शन पानेकी चेष्टा करेंगे । हाय ! हम हठात् इस घृणित और शोचनीय पिशाची दशाको क्यों प्राप्त हो गये ? इस दशामें हमें केवल नरमांस और नरकंकालका भक्षण करके ही जीवन यापन करना पड़ता है । हम सब लोगोंको भयभीत किया करते हैं ॥१२॥१३॥ हाय ! पूर्वजन्ममें हम दोनोंने कितने पाप किये थे । इसीसे इस शोचनीय दशामें भी सन्तुष्ट रहते हुए सर्वदा महान् आनन्दके साथ विश्राम कर रहे हैं ॥१४॥ जबतक मेरे दुष्कर्मोंका परिपाक नहीं होगा, तबतक कदापि इस प्राणिपीडनकारिणी और घृणित स्थितिसे हमको छुटकारा नहीं मिलेगा ॥ १५ ॥ विविध जन्म-जन्मान्तरोंमें हम दोनोंने कितने ही पाप किये हैं, इसीसे आज भी हम

ब्रह्मविदो जनाः ॥ ९ ॥ तमजं पुरुषं विष्णुं द्रष्टुमभ्युद्यता वयम् ॥ अन्तकाले जगन्नाथं प्रविवेश जगत्त्रयम् ॥ १० ॥ तमजं विश्वकर्तारं कुतो द्रक्ष्याम साम्प्रतम् ॥ यस्य विस्तार एवैष लोकः प्राणिनिवासिनः ॥ ११ ॥ तं द्रष्टुं देवमीशानं यतामः साम्प्रतं हरिम् ॥ दशा घोरतमा लोके विद्विष्टा सर्वजन्तुभिः ॥ १२ ॥ पैशाचीयं समुत्पन्ना कथं नौ प्राविशद्बलात् ॥ नरमांसास्थिकलुषा सर्वभीतिप्रदायिनी ॥ १३ ॥ अहो नौ दुष्कृतं कर्म प्राक्तने कर्मसंचये ॥ अत्रैव महती प्रीतिर्वर्तते सर्वदा तथा ॥ १४ ॥ यावन्नो दुष्कृतं कर्म तावत्स्थास्यति तादृशी ॥ दशा सा सर्वविद्विष्टा प्राणिपीडन-कारिणी ॥ १५ ॥ सर्वथा दुष्कृतं कर्म बहुभिर्जन्मसंचयैः ॥ तथा हि तत्फलं घोरमद्यापि न निवर्त्तते ॥ १६ ॥ यतः स्म प्राणिनो हन्तुं श्वगणैः सह साम्प्रतम् ॥ तथा हि प्राणिनो लोके बाल्यमादौ समास्थिताः ॥ १७ ॥ अज्ञानावृतचित्ताश्च कृत्याकृत्यं न जानते ॥ तथा यौवनिनो भ्रान्ता विषयैर्बहुलीकृताः ॥ १८ ॥ यतन्ते श्रेयसे नैव ततो विषयसंस्थिताः ॥ विषयाकृष्टचित्ता हि मनुष्या न विजानते ॥ १९ ॥ तथा च वृद्धभावे तु व्याधिभिर्बहुभिर्वृताः ॥ ज्वरादिभिर्महाघोरैर्नानादुःखविधायिभिः ॥ २० ॥ यतन्ते न हि वै श्रेयो विनष्टेन्द्रियगोचराः ॥ ततो मृता गर्भवासे वसन्ति सततं नराः ॥ २१ ॥ विण्मूत्रकलिले घोरे दुःखैर्बहुभिराचिताः ॥ च्यवन्ते तु ततो घोराद्गर्भात्संसारमण्डले ॥ २२ ॥ परस्परं विहिंसन्तः

उनका फल भोग रहे हैं ॥ १६ ॥ अतएव आज भी कुत्तोंके साथ रहते हुए हम प्राणिवधका यत्न करते रहते हैं । हाय ! कितने दुःखकी बात है कि संसारी प्राणी पहले बाल्यावस्था भोगते हैं । उस समय मन अज्ञानान्धकारसे आच्छन्न रहता है । अतएव कार्य-अकार्यका ज्ञान नहीं रहता । उसके बाद यौवनावस्था आती है । उस समय विविध विषय-वासनायें प्राणीको जड़ बना देती हैं । अतएव वे श्रेयःसाधनका कोई प्रयत्न नहीं करते । क्योंकि विषय-विमूढ़ व्यक्तियोंके पास ज्ञानका रहना असम्भव है ॥१७–१९॥ उसके बाद वृद्धावस्थाका उदय होता है । उस समय दुःखदायिनी वृद्धावस्था ज्वर आदि विविध व्याधियोंको साथ लेकर इस शरीररूपी घरमें अड्डा जमा लेती है । उस समय इन्द्रियवृत्तियाँ धीरे-धीरे क्षीण होती जाती हैं । अतएव श्रेयःसाधनकी शक्ति ही नहीं रह जाती । उसके ऊपर जैसे ही मृत्यु आक्रमण करती है, उसी समय जीव विष्ठा-मूत्रसे परिपूर्ण गर्भमें जाकर फिर दुःख भोगने लगता है । तदनन्तर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जीव घोरतर गर्भवाससे मुक्त होकर संसारमें पदार्पण करता है ॥ २०–२२ ॥ संसारकी महिमा ही भिन्न है । यहाँ लोग परस्पर एक दूसरेकी हिंसा करके विभिन्न प्रकारके कर्मोंका संग्रह करते हैं । इस प्रकार मानवगण विविध प्रकारके पाप करके दुःखपूर्ण संसारपाशमें बँध जाते हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ सामान्य बुद्धिवाले मनुष्य विविध उपाय और नाना प्रकारके शस्त्रास्त्रका उपयोग करके भी संसारपाशको नहीं काट पाते । अतएव वे संसारबन्धनसे नहीं छूटते ॥ २५ ॥ वे तो यह सोचते हैं कि अमुक व्यक्तिको मारकर मैं उसका धन ले लूँ । चोर सोचता है कि मैं अमुक धनवान्‌का सब धन अपहरण कर लूँ ॥ २६ ॥ बलवान् व्यक्ति सोचता है कि मैं उस शान्तस्वभाव और असहाय व्यक्तिको डरा-धमकाकार उसका सर्वस्व आत्मसात् कर लूँ । ऐसी-ऐसी नाना प्रकारकी तर्कनायें करके मोहान्ध मानवसमाज सदा परपीडनका ही प्रयत्न करता रहता है ॥ २७ ॥ किन्तु उस दुःखमूल संसाररोगके महौषध शंख-चक्रगदाधर भगवानका कोई भूलकर भी नाम नहीं लेता ॥२८॥ वे भगवान आदिदेव हैं, वे पुराण पुरुष हैं और वे ही वेदज्ञ पुरुषोंके आत्मा हैं । जो भी हो, जिस किसी उपायसे सम्भव

कुर्वन्तः कर्मसंचयम् ॥ महत्येवं सदा घोरे संसारे दुःखसंकुले ॥ २३ ॥ पापानि बहुरूपाणि कुर्वतेऽज्ञानतस्तदा ॥ संसारस्यैष महिमा विस्तृतः सर्वजन्तुषु ॥ २४ ॥ अच्छेद्यः शस्त्रसंपातैरुपायैर्बहुभिः सदा ॥ एतस्मान्न निवर्तन्ते मर्त्याः प्राकृतबुद्धयः ॥ २५ ॥ इमं हत्वा मनुष्येन्द्रमिदमस्माद्धराम्यहम् ॥ चोरयित्वा धनमिदं हरिष्याम्याददाम्यहम् ॥ २६ ॥ निर्भर्त्स्यैनमिमं शान्तं हरिष्यामि धनं बली ॥ इत्यादिव्याकुला मूर्खा यतन्ते प्राणिपीडनम् ॥ २७ ॥ अस्यैव दुःखमूलस्य संसारस्य सदा हरिः ॥ भेजषं सर्वथा देवः शङ्खचक्रगदाधरः ॥ २८ ॥ आदिदेवः पुराणात्मा आत्मा ब्रह्मविदां सदा ॥ ते वयं सर्वयत्नेन द्रक्ष्यामः सर्वथा हरिम् ॥ इत्थं पिशाचौ भाषन्तौ प्रादुरास्तां हरेः पुरः ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायामशीतितमोऽध्यायः ॥ ८० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः स भगवान्विष्णुः पिशाचौ मांसभक्षकौ ॥ ददर्शाथ महाघोरौ दीपिकाधारिणौ हरिः ॥ १ ॥ विलोकयाञ्चक्रतुस्तौ पिचाशौ देवकीसुतम् ॥ स्थितं सुखासने विष्णुं दृष्ट्वा लोकेश्वरेश्वरम् ॥ २ ॥ तौ च गत्वा समुद्देशं पिशाचौ केशवस्य ह ॥ ततस्तावूचतुर्विष्णुमन्तरीकृत्य केशवम् ॥ ३ ॥ को भवान्कस्य वा मर्त्यः कुतश्चागम्यते त्वया ॥ किमर्थमिह संप्राप्तो वने घोरे मृगाकुले ॥ ४ ॥ निर्मनुष्ये द्वीपि-

होगा, हम उन भगवानका दर्शन अवश्य करेंगे । वे दोनों पिशाच ऐसा कहते हुए भगवानके सम्मुख जा उपस्थित हुए ॥ २९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामशीतितमोऽध्यायः ॥ ८० ॥

(घण्टाकर्णकी समाधि) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर भगवान कृष्णने उन मांसभक्षक, महाभयानक तथा दीपधारी दोनों राक्षसोंको देखा ॥ १ ॥ उन दोनोंने भी सुखपूर्वक आसनपर बैठे हुए लोकेश्वरोंके भी ईश्वर देवकीसुत भगवान कृष्णको देखा ॥ २ ॥ क्षणभर बाद वे श्रीकृष्ण भगवानके और समीप गये और उन्हें विष्णुरूपमें न पहचानकर कहने लगे—॥ ३ ॥ तुम कौन हो ? किसके पुत्र हो ? कहाँसे आये हो ? इस मृगगणाकीर्ण घोर वनमें तुम्हारे आनेका क्या हेतु है ? ॥ ४ ॥ मानवहीन, सिंहों, श्वापदों, व्याघ्रों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और पिशाचोंसे परिपूर्ण वनमें तुम्हें देखकर हमको विस्मय होता है ॥ ५ ॥ तुम्हारा जैसा मनोहर रूप हैं, जिस प्रकार कमलपत्र सदृश बड़े-बड़े नेत्र हैं और श्यामवपु है, उसको देखकर मुझे बड़ा आनन्द मिल रहा है। मुझे तो ऐसा लगता है कि मुझको सुख देनेके लिए साक्षात् विष्णुभगवान यहाँ आ गये हैं। तुम देवता, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, इन्द्र, कुबेर, यम या वरुण कोई भी होओ, इस भयानक वनमें अकेले तुम्हारे ध्यानावलम्बनका कारण क्या है ? ॥ ६–८ ॥ हे मानद ! मैं इसका हेतु जानना चाहता हूँ। अतएव तुम यथार्थ रीतिसे अपना वृत्तान्त सुनाओ। विपुलपराक्रमी भगवान कृष्ण उन दोनों पिशाचोंके ऐसा कहनेपर बोले—जनसाधारणके मुझे लोग क्षत्रिय कहते हैं। यदुवंशमें मेरा जन्म हुआ है। अतएव मैं क्षत्रियधर्मका पालन करता हूँ ॥ ९ ॥ १० ॥ मैं सदा दुष्टोंका दमन और शिष्ट पुरुषोंकी रक्षा करता हूँ। इस समय उमापति शंकरभगवानका दर्शन करनेके लिए कैलास जानेकी

वृते पिशाचगणसेविते ॥ श्वापदैः सेव्यमाने च विपिने व्याघ्रसंकुले ॥ ५ ॥ सुकुमारोऽनवद्याङ्गः साक्षाद्विष्णुरिवापरः ॥ पद्मपत्रेक्षणः श्यामपद्माभः
श्रीपतिः स्वयम् ॥ ६ ॥ अस्मत्प्रीतिकरः साक्षात्प्राप्तो विष्णुरिवापरः ॥ देवो वा यदि वा यक्षो गन्धर्वः किन्नरोऽपि वा ॥ ७ ॥ इन्द्रो वा धनदो
वापि यमोऽथ वरुणोऽपि वा ॥ एकाकी विपिने घोरे ध्यानार्पितमना इव ॥ ८ ॥ ब्रूहि मर्त्य यथातत्त्वं ज्ञातुमिच्छामि मानद ॥ एवं पृष्टः
पिशाचाभ्यामाह विष्णुरुरुक्रमः ॥ ९ ॥ क्षत्रियोऽस्मीति मामाहुर्मनुष्याः प्रकृतिस्थिताः ॥ यदुवंशे समुत्पन्नः क्षात्रं वृत्तमनुष्ठितः ॥ १० ॥ लोका-
नामथ पाताऽस्मि शास्ता दुष्टस्य सर्वदा ॥ कैलासं गन्तुकामोऽस्मि द्रष्टुं देवमुमापतिम् ॥ ११ ॥ इत्येवं मम वृत्तान्तः कथ्यतां कौ युवामिति ॥ युवा-
मिह समायातौ किमर्थं ब्राह्मणाश्रमम् ॥ १२ ॥ एषा हि महती पुण्या नानाविप्रनिषेविता ॥ बदरीयं समाख्याता न क्षुद्रैराश्रिता क्वचित् ॥ १३ ॥
तपस्विभिस्तपोयुक्तैर्जुष्टा सिद्धनिषेविता ॥ श्वगणा नात्र दृश्यंते पिशाचा मांसभोजनाः ॥ १४ ॥ न हन्तव्या मृगाश्चात्र मृगया नात्र वर्तते ॥
न तु क्षुद्रैः प्रवेष्टव्या न कृतघ्नैर्न नास्तिकैः ॥ १५ ॥ अहमस्य तु देशस्य रक्षिता नात्र संशयः ॥ व्यतिक्रमो यदि भवेत्तस्य शास्ताऽस्मि यत्नतः ॥ १६ ॥
कौ भवन्तौ क्व नु युवां कस्येयं महती चमूः ॥ नातः परं प्रवेष्टव्यमृषयस्त्वत्र संस्थिताः ॥ १७ ॥ विघ्नस्तत्र प्रवर्तेत तपःसु च तपस्विनाम् ॥

इच्छा है ॥ ११ ॥ मेरा यही वृत्तान्त है। अब यह बताओ कि तुम दोनों कौन हो ? इस ब्राह्मणाश्रममें तुम क्यों आये हो ? ॥ १२ ॥ यह बड़ा ही पवित्र आश्रम है। इसका नाम बदरीवन है। यहाँ नित्य ब्राह्मणोंका निवास रहता है। यहाँ नीच पुरुषोंको प्रवेशका अधिकार नहीं है ॥ १३ ॥ यहाँ तपस्वी तथा सिद्ध पुरुष रहते हैं। अतएव मांसभोजी व्याध, कुत्ते तथा पिशाच यहाँ कभी नहीं आते ॥ १४ ॥ यहाँ मृगवध सर्वथा निषिद्ध है। इस कारण यहाँ मृगया नहीं की जा सकती। क्षुद्र, कृतघ्न और नास्तिक पुरुषोंका यहाँ प्रवेश निषिद्ध है ॥ १५ ॥ इस प्रदेशकी रक्षाका भार मुझपर है। यदि कोई आश्रमके नियमोंका उल्लंघन करेगा तो उसे मैं दण्ड दूँगा ॥ १६ ॥ अच्छा, अब यह बताओ कि तुम दोनों कौन हो ? यहाँसे कहाँ जाओगे ? यह सेना किसकी है ? यहाँ ऋषि रहते हैं। अतएव अब फिर कभी तुम यहाँ न आना ॥ १७ ॥ क्योंकि विशेष आवागमनसे उनके तपमें बाधा पड़ती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं। तुम यहाँ ही खड़े-खड़े जो कहना हो, सो कहो ॥ १८ ॥ नहीं तो मैं अपने वचन तथा पराक्रमसे तुम्हें रोकूँगा। वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस प्रकार श्रीकृष्णके जिज्ञासा करनेपर उन दोनों पिशाचोंमें विकटाकार एवं लम्बी भुजाओंवाले-एक पिशाचने मन ही मन सोचकर कहा ॥ १९ ॥ २० ॥ पिशाच बोला— अनादि, मन्त्रसे नमस्कार पानेके अधिकारी, निष्पाप, परम पवित्र और जगन्नाथ भगवान विष्णुको नमस्कार करके मैं अपनी वास्तविक स्थिति बता रहा हूँ। यदि इच्छा हो तो उसे श्रवण कीजिए ॥ २१ ॥ २२ ॥ मैं एक भयानक मांसाहारी पिशाच हूँ। मेरा नाम घण्टाकर्ण है। साक्षात् मृत्युके समान भीषण मेरी आकृति तुम देख ही रहे हो ॥ २३ ॥ मैं रुद्रदेवके प्रियसखा कुबेरका अनुचर हूँ। यमराजके समान भयानक जिस दूसरे पिशाचको देख रहे हो, वह मेरा भाई है ॥ २४ ॥ भगवान विष्णुकी पूजाके लिए ही मैं मृगया कर रहा हूँ। यह जो विशाल सेना तथा कुत्तोंका झुण्ड

इहैव स्थीयतां तावद्वक्तव्यं च ततः सुखम् ॥ १८ ॥ अन्यथाऽहं निषेद्धा स्यां बलाद्वाक्यैस्तथैव च ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवं पृष्टौ पिशाचौ तु वक्तुमेवोपचक्रतुः ॥ १९ ॥ तयोरेको महाघोरः पिशाचो दीर्घबाहुकः ॥ उवाच वचनं तत्र यथा हृदि समर्पितम् ॥ २० ॥ पिशाच उवाच ॥ श्रूयतामभिधास्यामि समाहितमना भव ॥ नमस्कृत्य जगन्नाथं हरिं कृष्णं जगत्पतिम् ॥ २१ ॥ आदिदेवमजं विष्णुं वरेण्यमनघं शुचिम् ॥ वक्ष्यामि सकलं यद्वत्तथा शृणु यदीच्छसि ॥ २२ ॥ घण्टाकर्णोऽस्मि नाम्नाऽहं पिशाचो घोरदर्शनः ॥ मांसादो विकृतो घोरः साक्षान्मृत्युरिवापरः ॥ २३ ॥ धनदस्यानुगन्ताऽहं साक्षाद्रुद्रसखस्य च ॥ ममायमनुजः साक्षादन्तकस्यान्तको ह्ययम् ॥ २४ ॥ मृगयेयं सुमहती विष्णोः पूजार्थमित्युत ॥ ममेयं वर्त्तते सेना श्वगणोऽपि ममैव तु ॥ २५ ॥ आगतोऽहं महाशैलात्कैलासाद्भूतसेवितात् ॥ अहं पिशाचवेषेण संविष्टः पापकर्मकृत् ॥ २६ ॥ सततं दूषयन्विष्णुं घण्टामाबध्य कर्णयोः ॥ मम न प्रविशेन्नाम विष्णोरिति विचिन्तयन् ॥ २७ ॥ अहं कैलासनिलयमासाद्य वृषभध्वजम् ॥ आराध्य तं महादेवमस्तुवं सततं शिवम् ॥ २८ ॥ ततः प्रसन्नो मामाह वृणीष्वेति वरं हरः ॥ ततो मुक्तिर्मया तत्र प्रार्थिता देवसन्निधौ ॥ २९ ॥ मुक्तिं प्रार्थयमानं मां पुनराह त्रिलोचनः ॥ मुक्तिप्रदाता सर्वेषां विष्णुरेव न संशयः ॥ ३० ॥ तस्माद्गत्वा च बदरीं तत्राराध्य जनार्दनम् ॥ मुक्तिं प्राप्नुहि गोविन्दान्नरनारायणाश्रमे ॥ ३१ ॥ इत्युक्तो देवदेवेन शूलिना ज्ञातवानहम् ॥ तमेव परमं मत्वा गोविन्दं गरुडध्वजम् ॥ ३२ ॥ तस्मा-

देख रहे हो, वह सब मेरा ही है ॥ २५ ॥ इस समय मैं भूतगणनिषेवित महापर्वत कैलाससे आ रहा हूँ। मैं बड़ा प्रबल पापी हूँ। इसी कारण मुझे यह पिशाचयोनि प्राप्त हुई है ॥ २६ ॥ मैं भगवान विष्णुका ऐसा प्रबल विद्वेषी था कि उनका नाम मेरे कर्णकुहरमें न प्रविष्ट हो सके, इसीलिए मैं अपने दोनों कानोंमें घण्टा बाँधकर घूमा करता था ॥ २७ ॥ एक बार मैं कैलास पर्वतपर गया और वृषभध्वज शंकर भगवानकी आराधना करता हुआ उनकी स्तुति करने लगा ॥ २८ ॥ मेरी आराधनासे प्रसन्न होकर श्रीशिवजी बोले—वत्स! वर माँगो। तब उन देवदेवसे मैंने मुक्तिका वर माँगा ॥ २९ ॥ यह वर माँगनेपर भगवान त्रिलोचन बोले—हे पिशाच! सब लोगोंके मुक्तिदाता एकमात्र विष्णुभगवान ही हैं ॥ ३० ॥ अतएव तुम बदरीवनमें जाकर विष्णुभगवानकी आराधना करो। ऐसा करनेपर तुम उसी नर-नारायणाश्रममें मुक्ति प्राप्त कर लोगे ॥ ३१ ॥ देवादिदेव शंकरभगवानके ऐसा कहनेपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुझे ज्ञान हो गया कि भगवान विष्णु ही सर्वश्रेष्ठ देवता हैं ॥ ३२ ॥ इसी कारण मुक्ति प्राप्तिकी इच्छासे मैं यहाँ आया हूँ। मेरा एक कार्य और है। यदि इच्छा हो तो उसे भी सुन लीजिए ॥ ३३ ॥ पश्चिमी समुद्रतटपर द्वारावती नामकी एक नगरी बसी हुई है। समुद्रकी तरंगें सदा उससे टकराती रहती हैं। यदु-वृष्णिप्रभृति यादव उस द्वारावतीपुरीमें निवास करते हैं ॥३४॥ पुरुषोत्तम भगवान कृष्ण भी संसारके कल्याणार्थ सदा उस पुरीमें निवास करते हैं। यहाँ यदि मुझे उनका दर्शन न मिलेगा तो मैं अपने अनुचरोंके साथ द्वारका जाऊँगा और वहाँ ही उनके दर्शन करूँगा। चाहे जैसे भी हो, आज मुझे उनका दर्शन करना ही है ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ जिनके द्वारा इस विश्वकी सृष्टि, स्थिति और प्रलय होता है, जो सबके आदि और सबके उत्पत्तिस्थान हैं, जो सबके कर्ता हैं, जो समस्त संसारका दुःख दूर करते हैं, जो सब प्रभुओंके भी प्रभु हैं, जो सदा सर्वत्र विराजमान रहते हैं, उन आदिदेव,

त्प्रार्थयमानः सन्मुक्तिदेशममुं गतः ॥ अन्यच्च शृणु मे कार्यं यदि कौतूहलं तव ॥ ३३ ॥ पुरी द्वारावती नाम पश्चिमस्योदधेस्तटे ॥ यदुवृष्णिसमाकीर्णा सागरोर्मिसमाकुलाम् ॥ ३४ ॥ अध्यास्ते स हरिर्विष्णुस्तां पुरीं पुरुषोत्तमः ॥ द्रष्टुं लोकहितार्थाय वसन्तं द्वारकापुरे ॥ ३५ ॥ निर्गतः साम्प्रतं मर्त्यं वयमेतैः सहानुगैः ॥ विष्णुः सर्वेश्वरः साक्षाद्द्रष्टव्योऽस्माभिरद्य वै ॥ ३६ ॥ लोकानां प्रभवः पाता कर्त्ता हर्त्ता जगत्पतिः ॥ आदिः स हि समस्तस्य प्रभवः कारणं हरिः ॥ ३७ ॥ कर्त्ता समस्तस्य हरिः पुरातनः प्रभुः प्रभूणामपि यः सदात्मकः ॥ तमादिदेवं वरदं वरेण्यं द्रष्टुं हरिं संप्रति संयताः स्मः ॥ ३८ ॥ यस्य प्रसादाज्जगदेवमासीत्सप्राणिगन्धर्वमहोरगौघम् ॥ देवं जगद्योनिमजं जनार्दनं द्रष्टुं हरिं संप्रति संयताः स्मः ॥ ३९ ॥ यस्योदराद्विश्वमिदं प्रभूतं लयं च तस्मिन्समुपैति कल्पे ॥ तस्यैव साक्षाद्वशवर्ति विश्वं द्रक्ष्याम देवं पुरुषोत्तमं हरिम् ॥ ४० ॥ स्रष्टा च योऽसौ सकलस्य देवः पाता च हर्ता च हरिः स एव ॥ द्रक्ष्याम नित्यं भुवनेश्वरं हरिं पुराणमाद्यं प्रभविष्णुमव्ययम् ॥ ४१ ॥ अजस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता भुवश्च कर्ता हरिरेक एव ॥ तं योगिनो योगविशुद्धबुद्धिं लभेम तेनैव मतिः समाकुला ॥ ४२ ॥ निगीर्य विश्वं सकलं जगत्पतिः शेते शिशुत्वं समवाप्य साक्षात् ॥ वटस्य पत्रे जगतां निवासः पादौ च विक्षिप्य करौ विधुन्वन् ॥ ४३ ॥ यस्योदरे देवमुनिः पुरातनो ददर्श

वरद और वरेण्य महाप्रभुका दर्शन करनेकी मेरी प्रबल अभिलाषा है ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ जिनकी कृपासे मनुष्य, गन्धर्व और महान् सर्पोंसे संकुल संसार इस प्रकार प्रकाशित हो रहा है। जिनके उदरसे यह विश्व उत्पन्न हुआ है और अन्तमें जहाँ यह विलीन हो जाता है, उन जनार्दन भगवानका दर्शन पानेके लिए मैंने दृढ़ निश्चय कर लिया है। क्योंकि यह संसार सदा उनके वशमें रहता है ॥ ३९ ॥ ४० ॥ जो देवदेव भगवान् सबके स्रष्टा, रक्षक और संहारक हैं। जो नित्य, भुवनेश्वर, सबके आदि और सबके प्रभु हैं, आज मैं उनके दर्शन अवश्य करूँगा ॥ ४१ ॥ ब्रह्माके भी रचयिता और जगत्के रक्षक एकमात्र वे भगवान ही हैं। योगियोंके मन और बुद्धिको शुद्ध करनेवाले उन प्रभुसे मिलनेके लिए मेरा मन आकुल हो रहा है ॥ ४२ ॥ जो समस्त विश्व निगलकर तथा बालरूप धारण करके हाथ-पैर फटकारते हुए वटपत्रपर शयन करते हैं ॥ ४३ ॥ परम पुरातन मुनि मार्कण्डेयने जिनके उदरमें प्रविष्ट होकर बाहर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जिस प्रकारका विश्व देख गये थे, उसी प्रकारका विश्व उनके उदरके भीतर भी देखा था ॥ ४४ ॥ इस जगत्‌को निगलकर जो महात्मा सृष्टिकालके पहले महोदधिमें शयन करते हैं और उस समय भगवती लक्ष्मी चमर हाँकती हुई जिनकी सेवा करती हैं ॥ ४५ ॥ जिनकी नाभिसे सुवर्णवर्णका सहस्रदल कमल उत्पन्न हुआ और उस कमलसे लोकगुरु ब्रह्माजी जायमान हुए ॥ ४६ ॥ सृष्टिकालमें मुनिजनवर्णित वराहरूप धारण करके महामेघ सदृश गर्जन करते हुए जिन्होंने इस वसुन्धराको अपने दाँतोंके अग्रभागपर रख लिया ॥ ४७ ॥ जो हरि, पुराण, पुरुषोत्तम, प्रभु, सबके कर्ता, सबके साक्षी, यज्ञात्मक, यज्ञपति तथा जगत्पति कहलाते हैं, उनका दर्शन पानेके लिए हम सब प्रकारसे कटिबद्ध हैं ॥ ४८ ॥ जिन्हें कोई बहुत्वरूपमें और कोई एकत्वरूपमें निर्देश करता है, वेदान्तमें जिनका स्वरूप सप्रमाण वर्णित है, उन भगवानका दर्शन पानेके लिए हम व्यग्र हैं ॥ ४९ ॥ श्रुति, स्मृति और न्यायविद् विज्ञ लोग जिनका

लोकानखिलान्स मायया ॥ प्रविश्य विश्वं सकलं यथावद्वहिर्यथा भूतमभूदिदं महत् ॥ ४४ ॥ निगीर्य विश्वं जगदादिकाले शेते महात्मा जलधे-
र्जलौघे ॥ देव्या श्रिया चामरलोलहस्तया निषेव्यमाणः पुरुषोत्तमस्तदा ॥ ४५ ॥ नाभेश्च यस्याविरभूत्सपत्रं पद्मं महाकाञ्चनसप्रभं प्रभोः ॥
जन्मास्पदं लोकगुरोर्यदासीद्विस्तारि पद्मं जगदादिसृष्टौ ॥ ४६ ॥ दधार यो भूतपतिर्महान्महीं दंष्ट्राग्रसंस्थापितरूढमूलाम् ॥ नन्दन्महामेघ इवादि-
काले कुर्वन्वराहो मुनिगीतमूर्तिः ॥ ४७ ॥ हरिः पुराणः पुरुषोत्तमः प्रभुः कर्ता समस्तस्य समस्तसाक्षी ॥ यज्ञात्मको यज्ञपतिर्जगत्पतिर्द्रष्टुं तमीशं
वयमुद्यताः स्मः ॥ ४८ ॥ केचिद्बहुत्वेन वदन्ति देवमेकात्मना केचिदिमं पुराणम् ॥ वेदान्तसंस्थापितसत्त्वयुक्तं द्रष्टुं तमीशं वयमुद्यताः स्मः
॥ ४९ ॥ अनेकमेकं बहुधा वदन्ति श्रुतिस्मृतिन्यायनिविष्टचित्ताः ॥ आहुर्यमात्मानमजं पुराविदो द्रष्टुं तमीशं वयमुद्यताः स्मः ॥ ५० ॥ यं
प्राहुरीड्यं वरदं वरेण्यमेकान्ततत्त्वं मुनयः पुरातनाः ॥ यं सर्वगं देवमजं जनार्दनं द्रष्टुं हरिं संप्रति संयताः स्मः ॥ ५१ ॥ यस्मिन्विश्वमिदं प्रोत-
मादिकाले जगत्पिता ॥ तं द्रष्टुमभिसंवृत्ताः किं नु वक्ष्याम साम्प्रतम् ॥ ५२ ॥ गच्छामो वयमन्यत्र गच्छ त्वं काममन्यतः ॥ नियमोऽप्यस्ति नो
मर्त्य यथेष्टं गच्छ साम्प्रतम् ॥ ५३ ॥ रात्रिमध्यमनुप्राप्तं नात्र कार्या विचारणा ॥ इत्युक्त्वा घोररूपोऽसौ पिशाचो विकृताननः ॥ ५४ ॥ तस्मिन्नेव
समे देशे पीत्वा च रुधिरं बहु ॥ भक्षयित्वा यथाकामं मांसराशिं विचक्षणः ॥ ५५ ॥ अपः संस्पृश्य तत्रैव पार्श्वे संस्थाप्य साधनम् ॥ आन्त्रपाशं

विविधरूपसे वर्णन करते हैं, जिनको आत्मा और अज कहकर पुकारते हैं, उन महाप्रभुका दर्शन पानेके लिए हम कृतसंकल्प हैं ॥ ५० ॥ पुरातन मुनिजन ईड्य, वरद और वरेण्य कहकर जिनका वर्णन कर गये हैं, जो सदा सब वस्तुओंमें समानरूपसे विद्यमान रहते हैं, उन अज और जनार्दन भगवानका दर्शन पानेके लिए हम दृढ़ निश्चय कर चुके हैं ॥ ५१ ॥ जिनमें यह समस्त विश्व समाया हुआ है और सृष्टिकालमें जो सबके पिता थे, उनका दर्शन करनेके लिए हम उतावले हो रहे हैं। अब और क्या कहें ॥ ५२ ॥ अब हम अपना काम करने जा रहे हैं, तुम्हारी भी जहाँ इच्छा हो वहाँ जाओ ॥ ५३ ॥ रात्रि दो पहर बीत चुकी है। अब और विवेचना करनेके लिए समय नहीं है। हे महाराज ! ऐसा कहकर उस विकटाकार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पिशाचने रुधिर पान करके प्रचुर मांस भक्षण किया ॥५४॥५५॥ वहाँ ही उसने जलसे मुख आदि धोया और बगलमें अपना अस्त्र तथा अन्त्रपाश रख दिया ॥५६॥ तदनन्तर उसने यत्न-पूर्वक कुत्तोंको वहाँसे हटाकर कुशासनपर जल छिड़का ॥ ५७ ॥ तदनन्तर उस पिशाचने बड़े यत्नके साथ कुशासन बिछाया। उसपर बैठ तथा समाधि लगाकर एकाग्रभावसे भगवान कृष्णको नमस्कार करके वह इस मन्त्रका जप करने लगा—॥ ५८ ॥ हे भगवान वासुदेव ! हे चक्रगदाधर ! हे धीमन् ! हे नारायण ! हे विष्णो ! हे प्रभविष्णो ! आपको नमस्कार है। हे केशव ! आपका नाम संकीर्तन करनेसे मेरा मन शुद्ध हो जाय ॥ ५९ ॥ ६० ॥ हे गोपते ! जिससे मुझे फिर ऐसा घोरतर तथा पापी जन्म फिर न लेना पड़े और आपके स्मरणमात्रसे मैं देवदूत हो जाऊँगा ॥६१॥ हे विभो ! आपके चक्रप्रहारसे मेरा यह शरीर नष्ट हो। आपसे मेरी यही प्रार्थना है कि अब फिर मुझे जन्म न लेना पड़े। पुनःपुनः मेरी यही प्रार्थना

महाघोरं संस्थाप्य विपुलं महत् ॥ ५६ ॥ आसनं कुशसंयुक्तं कृत्वा चाभ्युक्ष्य वारिणा ॥ उत्सार्य श्वगणान्सर्वान्यत्नेन महता तदा ॥ ५७ ॥ सुखासनं समास्थाय समाधौ यतते श्वपः ॥ एकचित्तस्तदा भूत्वा नमस्कृत्य च केशवम् ॥ इमं मन्त्रं पठन्घोरः पिशाचो भक्तवत्सलम् ॥ ५८ ॥ नमो भगवते तस्मै वासुदेवाय चक्रिणे ॥ नमस्ते गदिने तुभ्यं वासुदेवाय धीमते ॥ ५९ ॥ ॐ नमो नारायणाय विष्णवे प्रभविष्णवे ॥ मम भूयान्मनःशुद्धिः कीर्त्तनात्तव केशव ॥ ६० ॥ जन्मेदमीदृशं घोरं मा भून्मम दुरासदम् ॥ देवदूतो भविष्यामि स्मरणात्तव गोपते ॥ ६१ ॥ तव चक्रप्रहारेण कायो नश्यतु मामकः ॥ मम भूयो भवो मा भूदेषा मे प्रार्थना विभो ॥ ६२ ॥ अर्थिनां कल्पवृक्षोऽसि दाता सर्वस्य सर्वदा ॥ यत्र यत्र भवेज्जन्म तत्र तत्र भवान्हृदि ॥ ६३ ॥ वर्त्ततां मम देवेश प्रार्थनैषा ममापरा ॥ नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं भवत्वेवं सदा मम ॥ ६४ ॥ निर्विघ्ना प्रार्थना देव नमस्तेऽस्तु सदा मम ॥ यदा मे मरणं भूयात्तथा मा भूत्स्मृतिभ्रमः ॥ ६५ ॥ दिने दिने क्षणं चित्तं त्वयि संस्थं भवत्विति ॥ एवं प्रेरय मां देव मा भूत्ते चित्तमीदृशम् ॥६६॥ नृशंसोऽयं पिशाचोऽयं दयाऽस्मिन्का भवेदिति ॥ एवं चिन्तय मा देव भृत्यो-मह्यमिति प्रभो ॥६७॥ परपीडा न मत्तोऽस्तु नमस्ते भगवन्प्रभो ॥ इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु मा भूवन्साम्प्रतं हि मे ॥ ६८ ॥ अन्तकाले ममाप्येवं प्रसादात्तव केशव ॥ पृथिवी

है ॥ ६२ ॥ आप याचकोंके लिए कल्पवृक्ष हैं। जो व्यक्ति आपसे जो वस्तु माँगता है, उसे आप वही वस्तु प्रदान करते हैं। हे प्रभो ! मेरी एक प्रार्थना और है। वह यह कि यदि मुझे जन्म ही लेना पड़े तो मैं जहाँ-जहाँ जन्म लूँ, वहाँ-वहाँ सदा आप मेरे हृदयमें विराजमान रहें। हे देवेश ! एतदर्थ मैं आपको बारम्बार नमस्कार करता हूँ ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ हे देव ! मेरी प्रार्थना निष्फल न हो। आपको नमस्कार है। जब मेरी मृत्यु उपस्थित हो, उस समय मुझे मतिभ्रम न हो ॥ ६५ ॥ हे नाथ ! आप ऐसा कुछ करिए कि जिससे प्रतिदिन क्षणभरके लिए मेरा मन आपके श्रीचरणोंमें अवश्य लग जाया करे ॥६६॥ आप अपने मनपर यह बात न लाइएगा कि 'यह क्रूर पिशाच है। इसपर दया कैसी ?' बल्कि आप मेरे विषयमें यह सोचिएगा कि 'यह मेरा दास है।' ॥ ६७ ॥ हे भगवन् ! हे प्रभो ! आपको नमस्कार है। अब मुझसे परपीडाका कार्य न हो और मेरी इन्द्रियाँ विषयोंमें आसक्त न हों ॥ ६८ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे केशव ! आपकी कृपासे पृथिवी मेरी नासिकाकी और जल मेरी जिह्वाकी रक्षा करे ॥ ६९ ॥ सूर्यनारायण नेत्रोंकी, वायु मेरी त्वचाकी और आकाश श्रोत्रेन्द्रियकी रक्षा करे ॥ ७० ॥ इस प्रकार आपकी कृपासे पृथिवी, जल, वायु और आकाश नित्य मेरी रक्षा करें। मेरे मनमें किसी प्रकारकी कलुषित वासनाका उदय न हो। मेरा मन सदा निर्मल रहे। क्योंकि मनके कलुषित हो जानेपर उसमें चंचलता आ जाती है और चंचल मन परपीडात्मक पापोंमें आसक्त हो जाता है ॥ ७१–७३ ॥ हे जनार्दन ! मेरा मन ही मेरे मनकी रक्षा करे और उसमें किसी प्रकारका विकार न आने पाये। वह सदा निर्विकार रहे ॥ ७४ ॥ जिसका मन कलुषित रहता है, उसे नरकगामी होना पड़ता है। मन यदि कलुषित रहता है तो निर्मल होती हुई भी बाह्य इन्द्रियाँ अपना काम ठीकसे नहीं कर पातीं। यदि मनमें विकार बैठा हुआ हो तो बाहरी सफाईसे कोई लाभ नहीं होता। वह व्यर्थका प्रयास होता है ॥ ७५–७७ ॥

पातु मे घ्राणं रसनां पातु मे पयः ॥ ६९ ॥ सूर्यश्च पातु मे चक्षुः स्पर्शं पातु च मारुतः ॥ श्रोत्रमाकाशमप्येतु मनः प्राणं च गच्छतु ॥ ७० ॥
जलं मां रक्षतां नित्यं पृथिवी रक्षतां हरे ॥ सूर्यो मां रक्षतां विष्णो नमस्ते सूर्यतेजसे ॥ ७१ ॥ वायुर्मां रक्षतां दुःखादाकाशं च जनार्दन ॥ न
मनः सर्वगं देव रक्षतां विषयान्तरे ॥ ७२ ॥ मनो विपर्यये घोरे पुरुषान्हन्ति नित्यशः ॥ पापेषु योजयेत्पुंसः परपीडात्मकेषु च ॥ ७३ ॥ मनस्त-
द्रक्षतां देव भूयो भूयो जनार्दन ॥ माभून्मनसि कालुष्यं मनो मे निर्मलं भवेत् ॥ ७४ ॥ कलुषं तस्य यच्चित्तं नरके पातयत्यमुम् ॥ बाह्यानि
निर्मलान्येवमिन्द्रियाणि भवन्त्युत ॥ ७५ ॥ न तानि कार्यवन्तीह मनश्चेत्कलुषं भवेत् ॥ नाङ्गानि मुष्टिनामेध्यं गृहीत्वा यो व्यवस्थितः ॥ ७६ ॥
बहिः प्रक्षालनं कुर्वन्किं भवेत्तस्य केशव ॥ व्यर्थो हि केवलं तस्य प्रग्रहो बाह्यगोचरः ॥ ७७ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन चित्तं रक्ष जनार्दन ॥ बलवा-
निन्द्रियग्रामो वारयैनं जनार्दन ॥ ७८ ॥ परीवादाज्जगन्नाथ वाचं रक्ष दुरूद्वहाम् ॥ ७९ ॥ परद्रव्यान्मनो रक्ष परदाराज्जनार्दन ॥ सर्वत्र मे दया
भूयात्प्रसादात्तव केशव ॥८०॥ त्वय्येव भक्तिरचला भूयाद्भूतेषु मे दया ॥ बहुनाऽत्र किमुक्तेन शृणुष्वेदं वचो मम ॥ ८१ ॥ सुखे दुःखे च रागे च
भोजने गमने तथा ॥ जाग्रत्स्वप्नेषु सर्वत्र त्वय्येव रमतां मनः ॥ ८२ ॥ मामकं देवदेवेश नमस्तेऽस्तु जनार्दन ॥ इति ब्रुवन्घोरतमो जात्या हीनो
न चित्ततः ॥ ८३ ॥ पिशाचो भगवद्भक्तः समाधिं समपद्यत ॥ दृढं बद्ध्वात्मनः कायमान्त्रपाशेन मांसपः ॥ ८४ ॥ निश्चलेनैव मनसा सुख-

अतएव हे जनार्दन। आप सब प्रकारसे मेरे मनकी रक्षा करिए। हे प्रभो ! आप मेरे बलवान् इन्द्रियसमूहको रोकिए ॥ ७८ ॥ हे भगवन् ! आप ऐसा कुछ करिए कि जिससे मेरी वाणी परनिन्दामें न लगे ॥ ७९ ॥ मेरा मन परद्रव्य और परस्त्रीसे दूर रहे। हे केशव ! आपकी कृपासे सर्वत्र मेरी ओरसे दयाका संचार हो ॥ ८० ॥ श्रीमान्के चरणोंमें निरन्तर मेरी भक्ति बनी रहे और मैं सब प्राणियोंपर दयाभाव रक्खूँ। और अधिक क्या कहूँ, मेरी एक बात और सुनिए ॥८१॥ सुख, दुःख, राग, भोजन, गमन, जाग्रत् तथा निद्राके समय सदा मेरा मन आपमें ही लगा रहे। हे जनार्दन ! आपको नमस्कार है। हे महाराज ! वह जातिहीन, विकटाकार और भगवद्भक्त पिशाच ऐसा कहकर समाधिस्थ हो गया। उस मांसाहारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पिशाचने अन्त्रपाशसे अपने शरीरको बाँध दिया ॥ ८२–८४ ॥ अब वह शान्त चित्तसे हरि, जगद्योनि, विष्णु, पीताम्बर, शिव, मुकुन्द, आदिपुरुष, एकाकार, अनामय, नित्य, शुद्ध, ज्ञानगम्य और सब देहधारियोंके कारणस्वरूप भगवानका ध्यान करता हुआ सानन्द रहने लगा ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ अब वह निर्वातस्थानमें स्थित दीपकके समान स्थिरभावसे नासिकाके अग्रभागपर दृष्टि स्थापित करके सनातन ब्रह्मविषयक मत्रपाठ एवं प्रणव (ॐकार) मंत्रका उच्चारण करने लगा ॥ ८७ ॥ उसने प्रणवमंत्रको वाचक तथा ब्रह्मको वाच्य मानकर मन एकाग्र किया और वह एकाग्र मन उसने विष्णु भगवानको समर्पित कर दिया ॥ ८८ ॥ अब उसके मनमें कोई दुविधा नहीं रह गयी । अपने हृदयकमलमें जगत्पति विष्णुभगवानको विठाकर केवल त्रिगुणात्मक सनातन विष्णुभगवानका ही ध्यान और विष्णुमंत्रका ही जप करता हुआ वह बड़े आनन्दके साथ जीवनयापन करने लगा ॥ ८९ ॥ ९० ॥ इति श्रीमहाभा-

मास्ते स्म संयतः ॥ ध्यायन्हरिं जगद्योनिं विष्णुं पीताम्बरं शिवम् ॥ ८५ ॥ मुकुन्दमादिपुरुषमेकाकारमनामयम् ॥ नित्यं शुद्धं ज्ञानगम्यं कारणं सर्वदेहिनाम् ॥ ८६ ॥ नासिकाग्रं समालोक्य पठन्ब्रह्म सनातनम् ॥ निर्वातस्थो यथा दीपः प्रोच्चरन्प्रणवं सदा ॥ ८७ ॥ प्रणवं वाचकं मत्वा वाच्यं ब्रह्मेति निश्चितः ॥ एकाग्रं सततं कृत्वा चित्तं विष्णौ समर्पितम् ॥८८॥ विकल्परहितं चित्तं हृदि मध्ये न्यवेशयत् ॥ पुण्डरीके शुभदले समावेश्य जगत्पतिम् ॥ ८९ ॥ आस्ते सुखं महायोगी पिशिताशस्तदा महान् ॥ त्रिधामानं जपंस्तत्र स्मरन्विष्णुं सनातनम् ॥ ९० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां घण्टाकर्णचित्तसमाधिर्नामैकाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः स भगवान्विष्णुः पिशाचं दृष्टवांस्तदा ॥ चिन्तयंतं स्वमात्मानं शुद्धबुद्धिसमन्वितम् ॥ १ ॥ आत्मन्यवस्थितं साक्षात्पठन्तं प्रणवं सकृत् ॥ प्रार्थयन्तं स्वमात्मानमेकान्ते नियतं हरिः ॥ २ ॥ अचिन्तयज्जगन्नाथः कारणं पुण्यसंचये ॥ ध्यात्वा तु सुचिरं विष्णुः कारणं पुण्यकर्मणः ॥ ३ ॥ धनदस्योपदेशेन पठन्सुबहुशः क्षितौ ॥ वासुदेवेति कृष्णेति माधवेति च मां सदा ॥ ४ ॥ जनार्दन हरे विष्णो भूतभावन भावन ॥ नराकार जगन्नाथ नारायणपरायण ॥ ५ ॥ इति मां नामभिर्नित्यं पठत्येव दिवानिशम् ॥ स्वपञ्जाग्रंस्तथा तिष्ठन्भुञ्जन्गच्छंस्तथा वदन् ॥ ६ ॥ भक्षयन्मांसपिटकं पिबञ्छोणितमेव वा ॥ बाधमानं च सुचिरं हत्वा चापि मृगान्बहून् ॥ ७ ॥ हनने भोजने चैष जाग्रत्स्वप्ने तथैव च ॥

रते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८१ ॥

(घण्टाकर्ण पिशाचको भगवानका साक्षात्कार) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर भगवान विष्णुने देखा कि वह पिशाच शुद्धबुद्धिसे एकमात्र उन्हींका ध्यान कर रहा है ॥ १ ॥ साथ ही प्रणवमन्त्रका उच्चारण करता हुआ वह एकान्तमें बैठे-बैठे भगवानसे प्रार्थना करता जाता है ॥ २ ॥ उसकी यह स्थिति देखकर भगवानने सोचा कि पुण्यसञ्चय ही उसकी इस मार्गमें प्रवृत्तिका मुख्य कारण है ॥३॥ धनाध्यक्ष कुबेरके उपदेशसे यह बारम्बार ब्रह्ममन्त्रका जप करता हुआ वासुदेव, कृष्ण, माधव, जनार्दन, हरि, विष्णु, भूतभावन, भावन, नराकार, जगन्नाथ, नारायण, परायण आदि नामोंका अहर्निशि सोते-जागते तथा उठते-बैठते उच्चारण कर रहा है ॥४–६॥ यह मांस खाता है, रुधिर पीता है और अगणित पशुओंका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वध करता हुआ भी प्राणिवध, भोजन, सोते-जागते समय और सब कार्योंमें एकमात्र मुझको ही कर्ता समझता है ॥ ७ ॥ ८ ॥ अतएव यह अवश्य इस पिशाचके सुकर्मोंका फल है। ऐसा निश्चय करके भगवान जगन्नाथ उसपर प्रसन्न होकर उस पिशाचके निर्मल अन्तःकरणमें प्रकट हो गये ॥९॥१०॥ तब उस घोर पिशाचने अपने हृदयमें पीताम्बरधारी, कमललोचन, श्यामशरीर, शङ्ख-चक्र-गदाधारी, माल्यविभूषित, किरीट, कौस्तुभ तथा श्रीवत्समणिसे अलंकृत वक्ष, नीलमेघनिभ कमनीय कान्ति, चतुर्भुज, शुभवाणीसम्पन्न, निश्चल, सर्वव्यापी, कल्याण-मूर्ति, आद्यन्तहीन, नित्य, मायावी, मायासे परे, सत्ययुक्त, सदा शुद्ध, बुद्धिगम्य, सदा निर्मल, जगन्नाथ भगवान विष्णुको अनेक रूपोंसे विराजमान देखा और नेत्रोंको मूँदे हुए वह अपनेको कृतकृत्य मानने लगा ॥ ११–१५ ॥ उसने मन ही मन सोचा कि आज जब मैंने सर्वव्यापी भगवानका साक्षात्कार कर लिया तो ज्ञात होता है कि वे मुझपर बहुत प्रसन्न हैं। तभी तो

सर्वेष्वपि च कार्येषु कर्त्ताहमिति मन्यते ॥ ८ ॥ एतस्य कर्मणः पाक एष घोरस्य कर्मणः ॥ निश्चित्यैवं जगन्नाथः प्रीतस्तस्य बभूव ह ॥ ९ ॥ अदर्शयत्स्वमात्मानमनन्यस्य जगत्पतिः ॥ शुद्धेऽन्तःकरणे तस्य पिशाचस्यापि भूमिप ॥ १० ॥ स च घोरः पिशाचोऽपि ददर्शात्मनि केशवम् ॥ पीतकौशेयवसनं पद्माक्षं श्यामलं हरिम् ॥ ११ ॥ शङ्खिनं चक्रिणं विष्णुं स्रग्विणं गदिनं विभुम् ॥ किरीटिनं कौस्तुभिनं श्रीवत्साच्छादितोरसम् ॥ १२ ॥ नीलमेघनिभं कान्तं गरुडस्थं प्रभञ्जनम् ॥ चतुर्भुजं शुभगिरं निश्चलं सर्वगं शिवम् ॥ १३ ॥ अनादिनिधनं नित्यं मायाविनममायिनम् ॥ सत्ययुक्तं सदा शुद्धं बुद्धिगम्यं सदाऽमलम् ॥ १४ ॥ मनस्येव जगन्नाथं दृष्ट्वा विष्णुमनेकधा ॥ अनुन्मील्यैव नयने कृतार्थोऽस्मीत्यमन्यत ॥ १५ ॥ अथ दृष्टो हरिर्विष्णुः साक्षात्सर्वत्रगः शुभः ॥ प्रसन्नो हि हरिर्मह्यं तेनाहं दृष्टवा-न्हरिम् ॥ १६ ॥ सिद्धं मे जन्मनः कृत्यं किमतः कृत्यमस्ति मे ॥ ग्रन्थयो मम निर्भिन्ना वश्यान्येवेन्द्रियाणि मे ॥ १७ ॥ प्रायेण जितमित्येव मनो मन्ये स्मृते हरौ ॥ ईषणा च निरस्ता मे प्रसन्नोऽहं तथाऽभवम् ॥ १८ ॥ एतेभ्योऽपि पिशाचेभ्यो निर्मुक्तः सांप्रतं तथा ॥ योऽसौ ममानुजः साक्षात्स च भक्तस्तथा हरौ ॥ १९ ॥ कालेन चैव निर्मुक्तो विष्णोः सायुज्यमाप्नुयात् ॥ इत्येवं चिन्तयित्वा स आन्त्रपाशं विभिद्य च ॥ २० ॥ क्रमेण प्राणानुन्मुच्य विलोक्य च दिशस्तथा ॥ शरीरं सुगमं कृत्वा प्राविशत्स सुखेन ह ॥२१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे

मैं उन्हें देख सका। आज मेरा जन्म सार्थक हो गया, मेरे हृदयकी संशय-ग्रन्थियाँ छिन्न-भिन्न हो गयीं और मेरी सब इन्द्रियाँ मेरे वशमें हो गयीं। अब मुझे क्या करना है? अब तो ऐसा लगता है कि भगवानका स्मरण करनेसे ही आज मेरा मन मेरे वशमें हो गया है। मेरी सभी ईषणायें समाप्त हो गयी हैं और मैं सर्वथा प्रसन्न हूँ ॥१६–१८॥ अब मैं पिशाचसमुदायके हाथसे छुटकारा पा गया हूँ। मेरा लघु भ्राता भी भगवानका भक्त है। अतएव वह भी कुछ समय बाद पापमुक्त होकर सायुज्य मोक्षपद प्राप्त कर लेगा। ऐसी चिन्ता करनेके पश्चात् घण्टाकर्णने अन्त्रपाश काट डाला, प्राणवायुका निरोध कर लिया, एक बार सब दिशाओंकी ओर निहारा और शरीर सुदृढ़ करके आनन्दके सागरमें निमग्न हो गया ॥ १९–२१ ॥ इति श्रीमहाभारते

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हरिवंशे विष्णुपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

(घण्टाकर्ण द्वारा भगवानकी स्तुति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर उस मांसाहारी पिशाचने भगवानका जैसा रूप अपने हृदयमें देखा था, वैसा ही स्वरूप नेत्र खोलनेपर उसके सम्मुख भी दिखायी पड़ा ॥१॥ देखते ही उसने सोचा कि समाधिदशामें मैंने जिस रूपमें भगवानको देखा था, उसी रूपमें प्रत्यक्ष भी देख रहा हूँ। अतएव ये स्वयं विष्णु भगवान ही हैं। बारम्बार यह बात कहकर वह हँस और नाच रहा था ॥ २ ॥ वह कहता था कि ये ही चक्रधारी, शार्ङ्गधनुर्धर, गदाधारी, रथी, ध्वज-तूणधारी, सहस्रशीर्ष, देवादिदेव, जगत्की उत्पत्तिके मूल कारण और ये ही जगत्के आवासस्थान हैं ॥ ३ ॥ ये ही विष्णु, जिष्णु, जगन्नाथ, पुराण पुरुषोत्तम, विश्वात्मा, विश्वकर्ता और सनातन पुरुष हैं ॥ ४ ॥ इनके

भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां पिशाचस्य विष्णुसाक्षात्कारो नाम द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ पिशिताशो जगन्नाथं ददर्शाथ जगद्गुरुम् ॥ समाधौ च यथादृष्टं भूमौ चापि तथा हरिम् ॥ १ ॥ अयं विष्णुरयं विष्णुरित्यूचे पिशिताशनः ॥ समाधौ च यथा दृष्टः सोऽयमत्रापि दृश्यते ॥ इत्युक्त्वा च पुनर्ब्रूते नृत्यन्निव हसन्निव ॥ २ ॥ अयं स चक्री शरशार्ङ्गधन्वा गदी रथी सध्वजतूणपाणिः ॥ सहस्रमूर्धा सकलामरेशो जगत्प्रसूतिर्जगतां निवासः ॥ ३ ॥ विष्णुर्जिष्णुर्जगन्नाथः पुराणः पुरुषोत्तमः ॥ विश्वात्मा विश्वकर्ता यः सोऽयमेष सनातनः ॥ ४ ॥ अस्यैव देवस्य हरेः स्तनान्तरे विराजते कौस्तुभरत्नदीपः ॥ यस्य प्रसादाज्जगदेतदादौ विराजते चन्द्रमसेव रात्रिः ॥ ५ ॥ योऽसौ पृथ्वीं दधाराशु दंष्ट्रया जलसंचयात् ॥ सोऽयमेव हरिः साक्षाद्वाराहं वपुरास्थितः ॥ ६ ॥ बद्ध्वा तदा दानवमुग्रपौरुषं ददौ च शक्राय ततोऽनुराज्यम् ॥ बलिं बलादेष हरिः स वामनः स्तुतश्च भक्त्या मुनिभिः पुरातनैः ॥ ७ ॥ दंष्ट्राकरालान्सुमहान्हत्वा यो दानवान्रणे ॥ निःशोकमखिलं लोकं चकारासौ जनार्दनः ॥ ८ ॥ आदौ दधारैकभुजेन मन्दरं निर्जित्य सर्वानसुरान्महार्णवे ॥ ददौ च शक्राय सुधामयं महान्स एष साक्षादिह मामवस्थितः ॥ ९ ॥ यः शेते जलधौ नागे देव्या लक्ष्म्या सुखावहे ॥ हत्वा तौ दानवौ घोरौ मधुकैटभसंज्ञितौ ॥ १० ॥ यमाहुराद्यं विबुधा जगत्पतिं सर्वस्य धातारमजं जनित्रम् ॥ अणोरणीयांसमतिप्रमाणं स्थूलात्स्थविष्ठं हरिमेव विष्णुम्

वक्षःस्थलपर कौस्तुभमणि विराजमान है। पूर्ण चन्द्रमासे जिस तरह रात्रि सुशोभित होती है, उसी प्रकार इनके द्वारा यह संसार सुशोभित रहा है ॥ ५ ॥ जिन्होंने वराहरूप धारण करके जलराशिके भीतरसे पृथिवीका उद्धार किया था, वे भगवान ये ही हैं ॥ ६ ॥ जिन्होंने वामनरूप धारण करके उग्र पराक्रमी बलिको बाँधा और इन्द्रको पुनः त्रिभुवनका राज्य लौटा दिया। पुरातन मुनिगण जिनकी स्तुति करते हैं। जिन्होंने रणभूमिमें विकराल डाढ़ोंवाले दैत्योंका वध करके सब लोकोंको शोकरहित किया, वे भगवान जनार्दन ये ही हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ जिन्होंने सब असुरोंको परास्त करके समुद्रमें अपनी एक भुजासे मन्दर पर्वतको धारण किया और देवराज इन्द्रको अमृतकलश अर्पित किया, वे महान् ईश्वर इस समय मेरे समक्ष उपस्थित हैं ॥ ९ ॥ जिन्होंने दुर्दान्त मधु-कैटभको मारकर महारानी लक्ष्मीके साथ क्षीरसागरमें शयन किया ॥ १० ॥ जिन्हें विद्वज्जन आदिपुरुष, जगत्पति, सबके धाता, अज,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सबके जन्मदाता, सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर और स्थूलसे स्थूलतर कहते हैं ॥ ११ ॥ प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जिसमें यह समस्त संसार विलीन हो जाता है और जहाँसे यह फिर उत्पन्न होता है, वे विष्णु भगवान स्वयं मेरे सामने उपस्थित हैं ॥१२॥ जिन महाप्रभुकी इच्छासे यह जगत् प्रवृत्त तथा निवृत्त होता है। वे विष्णु, पुरुषोत्तम, शिवस्वरूप और यादवेश्वर आज मेरे सम्मुख खड़े हैं ॥ १३ ॥ जो महर्षि भृगुके वंशमें जन्म लेकर जामदग्न्य परशुरामके रूपमें अवतरे और जिन्होंने शंकर भगवानकी शिष्यता प्राप्त की ॥ १४ ॥ जब कार्तवीर्य सहस्रार्जुन हाथी-घोड़े-रथ आदिकी अपनी चतुरंगिणी सेनाके साथ आकर उनके साथ युद्धमें उतरा, तब जिन परशुराम भगवानने अपने कुठारसे उसका विनाश कर दिया ॥ १५ ॥ जिन्होंने इक्कीस बार पृथ्वीको क्षत्रियहीन करके कुरुक्षेत्रमें अपने पितरोंकी पितृक्रिया सम्पन्न की ॥ १६ ॥ जिन्होंने रघुकुलमें जन्म लिया और संसारमें राम इस नामसे विख्यात हुए और लक्ष्मीस्वरूपा

॥११॥ यत्र स्थितमिदं सर्वं प्राप्ते लोकस्य नाशने ॥ आद्यं यस्मात्समुत्पन्नं सोऽयं विष्णुरिति स्थितः ॥ १२ ॥ यस्येच्छया सर्वमिदं प्रवृत्तं प्रवर्तते चापि जनार्दनस्य ॥ अयं स विष्णुः पुरुषोत्तमः शिवः प्रवर्तते मामिह यादवेश्वरः ॥ १३ ॥ भृगोर्वंशे समुत्पन्नो जामदग्न्य इति श्रुतः ॥ शिष्यत्वं समवाप्यैव मृगव्याधस्य यः स्थितः ॥१४॥ जघान वीर्याद्बलिनं महारणे कुठारशस्त्रेण गिरीशशिष्यः ॥ सहस्रबाहुं कृतवीर्यसम्भवं हयैर्गजैश्चैव रथैश्च निर्गतम् ॥ १५ ॥ कुरुक्षेत्रं समासाद्य यश्चकार पितृक्रियाम् ॥ निःक्षत्रियमिमं लोकं कृतवानेकविंशतिः ॥ १६ ॥ रघोरथ कुले जातो रामो नाम जनार्दनः ॥ सीतया च श्रिया युक्तो लक्ष्मणानुचरः कृती ॥ १७ ॥ कृत्वा च सेतुं जलधौ जनार्दनो हत्वा च रक्षःपतिमाशुगैः शरैः ॥ दत्त्वा च राज्यं स विभीषणाय दशाश्वमेधैरयजच्च योऽसौ ॥१८॥ वसुदेवकुले जातो वासुदेवेति शब्दितः ॥ गोकुले क्रीडते योऽसौ संकर्षणसहायवान् ॥१९॥ उत्तानशायी शिशुरूपधारी पीत्वा स्तनं पूतनिकाप्रदत्तम् ॥ व्यसुं चकाराशु जनार्दनस्तदा दनोः सुतां तामवसत्सुखं हरिः ॥२०॥ पयःपानं तथा कुर्वन्भक्षयन्दधिपिण्डकम् ॥ दाम्ना बद्धोदरो विष्णुर्मात्रा रुषितया दृढम् ॥ २१ ॥ ततश्च दाम्ना सुदृढेन बद्धो जघान योऽसौ यमलार्जुनौ च ॥ क्रीडन्हरिर्गोकुलवासवासी गोपीभिरास्वाद्य मुखं स्तनं च ॥ २२ ॥ वृन्दावने वसन्विष्णुर्गोपैर्गोकुलवासिभिः ॥ तत्र हत्वा हयं राजन्विरराजांशुमा-

सीताका पाणिग्रहण किया। जिन्होंने सीता तथा लक्ष्मणको साथ लेकर वनयात्रा की और समुद्रपर सेतु बाँध तथा राक्षसराज रावणका वध करके विभीषणको लंकाका राज्य प्रदान किया। वहाँसे लौटकर उन्होंने अयोध्यामें दस अश्वमेध यज्ञ किये ॥ १७ ॥ १८ ॥ जिन्होंने वसुदेवके कुलमें जन्म लेकर वासुदेव नामसे ख्याति प्राप्त की और बलरामके साथ गोकुलमें भाँति-भाँतिकी लीला की ॥ १९ ॥ जिन्होंने शैशवावस्थामें सोते समय दानवकन्या पूतनाका स्तन पान करके ही उसे मार डाला और आनन्दपूर्वक व्रजवास किया ॥२०॥ जिन्होंने चोरीसे दूध पिया और दही खायी, जिससे कुपित होकर माताने उदरमें कसकर रस्सी बाँध दी ॥ २१ ॥ जिन्होंने उस बन्धनावस्थामें ही यमलार्जुन नामके दो वृक्षोंको उखाड़कर दामोदर नामसे ख्याति प्राप्त की और गोकुलमें निवास करते हुए गोपियोंके मुख तथा स्तनका स्पर्श करके विविध प्रकारकी क्रीड़ायें कीं ॥ २२ ॥ वृन्दावनमें गोकुलवासी गोपोंके साथ क्रीड़ा करते हुए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

केशी दैत्यका संहार करके जो सूर्यके समान देदीप्यमान हुए ॥ २३ ॥ जिन्होंने गोपबालकोंके साथ खेलते समय महान् कालीदहमें कूदकर अपना असाधारण पराक्रम प्रदर्शित करते हुए नागपति कालिय नागका मद मर्दन किया ॥ २४ ॥ जिन्होंने तालवनमें तालफलोंके साथ ही उग्र पराक्रमी धेनुकासुरका वध करके सभी गोपोंको चकित कर दिया ॥ २५ ॥ जब देवराज इन्द्रने कुपित होकर अपनी मेघसेनाका सञ्चालन करते हुए मूसलधार वर्षा आरम्भ कर दी, तब जिन्होंने अपने अतुलित पराक्रमसे गोवर्धन पर्वत उठाकर इन्द्रकी अवहेलना करते हुए गोप, गोपी और गोकुलकी रक्षा की ॥ २६ ॥ जिन्होंने मायामानुष रूप धारण करके गोपियोंके स्तनपर कामक्रीड़ा की और उनका अधरपान किया ॥ २७ ॥ जैसे कोई कामुक व्यक्ति अपनी प्रियतमाकी अधरसुधाका पान करके उसके वक्षःस्थलपर शयन करता है, उसी प्रकार जिन्होंने रात्रिके समय निर्जन वनमें गोपियोंकी अधरसुधा पीकर उन्हींके वक्षःस्थलपर शयन

निव ॥ २३ ॥ यः क्रीडते नागफणौ जनार्दनो निषेव्यमाणः सह गोपदारकैः ॥ महाह्रदे नागपतिं जगत्पतिर्ममर्द वीर्यातिशयं प्रदर्शयन् ॥ २४ ॥
यो धेनुकं तालवने तत्फलैः सममच्छिनत् ॥ हत्वा दानवमुग्रं तं गोपान्विस्मापयत्यसौ ॥ २५ ॥ दधार यो गोधरमुग्रपौरुषान्महामतिर्मेघसमागमे
सति ॥ विडम्बयञ्छक्रबलं प्रमोदयन्गोपांश्च गोपीश्च स गोकुलं हरिः ॥ २६ ॥ गोपीनां स्तनमध्ये तु क्रीडते काममीश्वरः ॥ योऽसौ पिबंस्तदधरं
मायामानुषदेहवान् ॥ २७ ॥ गोपीभिरास्वाद्य मुखं विविक्ते शेते स्म रात्रौ सुखमेव केशवः ॥ स्तनान्तरेष्वेव तदा च तासां कामीव कान्ताधरपल्लवं
पिबन् ॥२८॥ अक्रूरेण समाहूतस्तेन गच्छन्हि यामुने ॥ जले यो ह्यर्चितस्तेन नागलोके स एव हि ॥२९॥ ततश्च गच्छन्बलवाञ्जनार्दनो हत्वा तमुग्रं
रजकं बलात्पथि ॥ हृत्वा च वस्त्राणि यथेष्टमीश्वरो ययौ सरामो मथुरां पुरीं हरिः ॥३०॥ लब्ध्वा च दामानि बहूनि कामदो दत्त्वा वरं माल्यकृते
महान्तम् ॥ लब्ध्वाऽनुलेपं सुरभिं च यादवः कुब्जां चकाराशु महार्हरूपाम् ॥३१॥ योऽसौ चापं समादाय मध्ये छित्त्वा महद्धनुः ॥ सिंहनादं महांश्चक्रे
कल्पान्ते जलदो यथा ॥ ३२ ॥ हत्वा गजं घोरमुदग्ररूपं विषाणमादाय ततोऽनु केशवः ॥ ननर्त रंगे बहुरूपमीश्वरः कंसस्य दत्त्वा भयमुग्रवीर्यः
॥३३॥ योऽसौ हत्वा महामल्लं चाणूरं निहतद्विषम् ॥ यादवेभ्यो ददौ प्रीतिं कंसस्यैव तु पश्यतः ॥ ३४ ॥ जघान कंसं रिपुपक्षघातिनं पितृद्विषं

करके रात बितायी ॥ २८ ॥ मथुरा आगमनके समय अक्रूरने यमुनाके जलमें डुबकी लगाकर जिन भगवानकी अर्चना की थी, वे ही भगवान नागलोकमें भी विराजमान रहते हैं ॥२९॥ मथुरा-प्रवेशकालमें जिन्होंने रास्तेमें महाक्रोधी रजकका विनाश करके अच्छे-अच्छे वस्त्र धारण किये और बलदेवके साथ मथुरापुरीमें प्रवेश किया ॥ ३० ॥ जिन्होंने कंसके मालीसे उत्तम मालायें प्राप्त करके उसे वरदान दिया और कुब्जासे मनोरम अनुलेपन प्राप्त करके उसे रूपवती बना दिया ॥३१॥ जिन्होंने वहाँकी रङ्गशालामें रखे हुए महान् धनुषको तोड़कर प्रलयकालीन मेघके समान गर्जन किया ॥३२॥ जिन्होंने कंसकी सभामें प्रवेश करते समय द्वारपर भयानक गज कुवलयापीडका वध करके उसके दाँत उखाड़ लिये और सभामें प्रवेश करके कंसके मनमें भयका सञ्चार करते हुए रङ्गशालामें विविध प्रकारका नृत्य किया ॥ ३३ ॥ जिन्होंने कंसके समक्ष महामल्ल चाणूरको मारकर यादवोंको आनन्दित किया ॥ ३४ ॥ जिन्होंने शत्रुपक्षघाती तथा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपने पितासे द्वेष करनेवाले कंसका वध करके उसके स्थानपर उग्रसेनका अभिषेक किया और विद्याध्ययनके लिए काशिकेय गुरु सान्दीपनिके पास गये ॥३५॥ वहाँ समस्त विद्याओंका अध्ययन करके जिन्होंने महामुनि सान्दीपनिके मृत पुत्रको यमपुरीसे लाकर दिया और बलरामके साथ पुनः मथुरा लौट आये ॥ ३६ ॥ जिन्होंने निशुम्भ और नरकासुरका वध करके ब्राह्मणों, मुनियों, वीरों और देवताओंकी रक्षा की ॥ ३७ ॥ उन जनार्दन भगवान विष्णुको देखकर मैं कृतकृत्य हो गया और मुझे सायुज्य मुक्ति मिल गयी ॥ ३८ ॥ जो व्यक्ति अपनी आँखों भगवानका दर्शन कर लेता है तो मुक्ति उसके हाथमें आकर स्थिर हो जाती है और वह स्वयं साक्षात् भगवान हो जाता है ॥ ३९ ॥ अवश्य मैंने पूर्वजन्ममें धर्मका सञ्चय किया था। उसीके फलस्वरूप आज मैंने अपने नेत्रोंसे भगवानका दर्शन पा लिया ॥ ४० ॥ अब मैं सर्वथा पुण्यवान् हूँ। मेरा सांसारिक बन्धन कट गया। हे भगवन्! हे विष्णो! अब मुझे

यादवनामधेयम् ॥ संस्थाप्य राज्ये हरिरुग्रसेनं सान्दीपनं काश्यमुपागतो यः ॥३५॥ विद्यामवाप्य सकलां दत्त्वा पुत्रं महामुनेः ॥ साग्रजोऽथ जगामाशु मथुरां यादवीं पुरीम् ॥ ३६ ॥ हत्वा निशुम्भं नरकं महामतिः कृत्वा स घोरं कदनं जनार्दनः ॥ ररक्ष विप्रान्मुनिवीरसंघान्देवांश्च सर्वाञ्जगतो जगत्पतिः ॥ ३७ ॥ स एष भगवान्विष्णुरद्य दृष्टो जनार्दनः ॥ कृतकृत्योऽस्मि संजातः सायुज्यं प्राप्तवानहम् ॥ ३८ ॥ येन दृष्टो हरिः साक्षात्तस्य मुक्तिः करे स्थिता ॥ सोऽयमेष हरिः साक्षात्प्रत्यक्षमिह वर्तते ॥ ३९ ॥ नूनं जन्मान्तरे पूर्वं धर्मः संचित एव मे ॥ यस्य पाकः समुत्पन्नो येनासौ दृश्यते मया ॥ ४० ॥ सर्वथा पुण्यवानस्मि नष्टसंसारबन्धनः ॥ किमस्मै दीयते वस्तु किं न वक्ष्यामि साम्प्रतम् ॥ करिष्ये किमहं विष्णो वदस्वाद्य यथेप्सितम् ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्त्वा विस्तरं नादं ननर्द बहुशस्तदा ॥ जहास विकृतं भूयो ननर्त पिशिताशनः ॥ ४२ ॥ नमो नमो हरे कृष्ण यादवेश्वर केशव ॥ प्रत्यक्षं च हरेस्तत्र ननर्त विविधं नृप ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां घण्टाकर्णस्तुतिर्नाम त्र्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ विहस्य विकृतं भूयः प्रनृत्य च यथाबलम् ॥ ब्राह्मणस्य हतस्याथ शवमादाय सत्वरा ॥ १ ॥ द्विधाकृत्य महाघोरं पिशितं केशशाद्वलम् ॥ ततः खण्डं समादाय अद्भिरभ्युक्ष्य यत्नतः ॥ २ ॥ विधाय पात्रे शुशुभे नमस्कृत्य जनार्दनम् ॥ इदं प्रोवाच देवेशं

यह बताइए कि मैं क्या दान दूँ, क्या कहूँ और क्या करूँ ॥ ४१ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वह मांसाहारी पिशाच ऐसा कहकर विविध प्रकारका नाद करता हुआ हँसने और भाँति-भाँतिके ढंगसे नाचने लगा ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्र्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८३ ॥

(घण्टाकर्णकी मुक्ति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर वह पिशाच अट्टहास करके भयानक हँसी हँसा। वह बड़े वेगसे दौड़ता हुआ गया और एक मृत ब्राह्मणका शव ले आया ॥ १ ॥ उसने उसके केशशाद्वल समेत शरीरको काटकर दो खण्ड कर दिया। उसके बाद उसका एक खण्ड लेकर बड़े यत्नके साथ जलसे प्रक्षालन किया ॥२॥ तब उस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

खण्डको एक पात्रपर रखा और उसे भगवानको अर्पण करके हाथ जोड़ तथा मस्तक झुकाकर कहा—॥३॥ हे जगन्नाथ ! आपके लिए उपयुक्त आहार आपको अर्पण कर रहा हूँ, इसे स्वीकार करिए। हे हरे ! आप जैसे महान् देवता ही इसे ग्रहण कर सकते हैं ॥ ४ ॥ हम सर्वथा भक्तिविनम्र जीव हैं। अतएव इसे अङ्गीकार करनेके विषयमें आप विशेष विचार-विमर्श न करिए। क्योंकि भक्त व्यक्ति श्रद्धापूर्वक स्वामीको जो भी वस्तु अर्पण करे, वह स्वामीको स्वीकार कर लेना चाहिए ॥५॥ मैंने इस उत्तम ब्राह्मण-शवका भलीभाँति संस्कार किया है। शास्त्रमें हम मांसाहारी पिशाचोंके लिए यही भोजन नियत किया गया है ॥ ६ ॥ अतएव हे भगवन् ! यदि आप कोई दोष न समझें तो इसे स्वीकार करिए। ऐसा कहकर पिशाच फिर भयानक रूपसे हँसा और वह अस्पृश्य शवखण्ड भगवानको अर्पण करनेके लिए उद्यत हो गया। उसकी बातोंसे भगवान प्रसन्न हो गये और मन ही मन उसकी सराहना की ॥७॥८॥ भगवान सोचने लगे कि इसका कितना प्रगाढ़ स्नेह और कितनी करुणा है। ऐसा सोचकर यदुपुंगव भगवान कृष्णने कहा—॥ ९ ॥ हे पिशाच ! तुम्हारी असाधारण भक्ति देखकर मैं तुम्हारे

प्राञ्जलिः प्रणतः स्थितः ॥ ३ ॥ गृहाण मे जगन्नाथ भक्ष्यं योग्यं तव प्रभो ॥ भवादृशैर्जगन्नाथ ग्राह्यं सर्वात्मना हरे ॥ ४ ॥ भक्तिनम्रा वयं
विष्णो नात्र कार्या विचारणा ॥ दत्तं यद्भक्तिनम्रेण ग्राह्यं तत्स्वामिना हरे ॥ ५ ॥ नवं सुसंस्कृतं भक्ष्यं ब्राह्मण्यं शवमुत्तमम् ॥ अस्माकं पिशिता-
शानां शास्त्रे नियतमेव हि ॥६॥ तस्माद्गृहाण भगवन् यदि दोषो न विद्यते॥ इत्युक्त्वा विकृतं भूयो विहस्य स तु कामतः ॥७॥ दातुमैच्छत्तदा
खण्डमस्पृश्यं तु शवस्य ह ॥ ततः प्रीतोऽभवत्तस्मै मनसाऽपूजयच्च तम् ॥ ८ ॥ अहोऽस्य स्नेहकारुण्यं मयि सर्वत्र वर्त्तते ॥ इति संचिन्त्य मनसा
प्रोवाच यदुपुङ्गवः ॥ ९ ॥ अलमेतेन सर्वत्र पिशाच पिशिताशन ॥ अस्पृश्यं मादृशैरेतद्ब्राह्मण्यं शवमुत्तमम् ॥१०॥ ब्राह्मणः सर्वथा पूज्यो जन्तु-
भिर्धर्मकांक्षिभिः ॥ पिशाचा घोरकर्माणो यतन्ते ब्रह्महिंसने ॥ ११ ॥ न हन्तव्याः सदा विप्रास्तद्धिंसा नरकावहा ॥ तस्मादस्पृश्यमस्माभिर्नात्र
कार्या विचारणा ॥ १२ ॥ भक्त्या प्रीतोऽस्मि भद्रं ते मनोनिर्मलता मया ॥ मनःशुद्ध्यै कृतो यत्नस्ततः प्रीतोऽस्मि मांसप ॥ १३ ॥ अस्म-
त्संकीर्त्तनाच्छश्वच्छुद्धं हि करणं तव ॥ अतीव मनसा प्रीत इत्युक्त्वा भगवान्हरिः ॥ १४ ॥ पस्पर्शाङ्गं तदा विष्णुः पिशाचस्याथ सर्वतः ॥ करेण
मृदुना देवः पापान्निर्मोचयद्धरिः ॥ १५ ॥ ततस्तस्याभवद्रूपं कामरूपसमप्रभम् ॥ दीर्घकुञ्चितकेशाढ्यो दीर्घबाहुः सुलोचनः ॥ १६ ॥ समाङ्गुलिः

ऊपर बहुत प्रसन्न हूँ। हम जैसोंके लिए ब्राह्मणशव सर्वथा अस्पृश्य है ॥ १० ॥ धर्मकी आकांक्षा रखनेवाले लोगोंको ब्राह्मणकी पूजा करनी चाहिए। किन्तु पिशाचोंको धर्म-अधर्मका ज्ञान नहीं रहता। इस कारण वे अनायास ब्राह्मणहिंसा करते रहते हैं ॥ ११ ॥ ब्रह्महिंसा सर्वथा निषिद्ध है। जो ब्रह्महिंसा करते हैं, उन्हें नरकगामी होना पड़ता है। अतएव यह ब्राह्मणशव मेरे लिए अस्पृश्य है। इस विषयमें कुछ विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है ॥ १२ ॥ हे मांसाहारी पिशाच ! जो मां! हो, जिस भक्तिके बलसे तुमने अपना चित्त शुद्ध किया है, तुम्हारी वह भक्ति देखकर मैं बहुत प्रसन्न हूँ॥ १३ ॥ मेरा नामसंकीर्तन करनेसे तुम्हारी समस्त इन्द्रियाँ विशुद्ध भाव धारण कर चुकी हैं। भगवानने बहुत ही प्रसन्न मनसे ऐसा कहा और उसके शरीरपर अपना कोमल हाथ फेर दिया। ऐसा करके उन देवादिदेवने उसको पापमुक्त कर दिया ॥ १४ ॥ १५ ॥ भगवानके करस्पर्शसे वह पिशाच कामदेवके समान सुन्दर हो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गया। उसका मस्तक घुँघराले बालोंसे परिपूर्ण हो गया। उसकी भुजायें लम्बी और नेत्र सुन्दर हो गये ॥ १६ ॥ उसकी उँगलियाँ, नख, मुख और नासिका सभी अंग उसके सौन्दर्यके अनुरूप रमणीय हो उठे। उसके नेत्र कमलदलसदृश एवं उसके शरीरकी आभा पद्मपरागसदृश कमनीय हो गयी ॥ १७ ॥ उस समय वह पिशाच केयूर और अङ्गद आदि आभूषणोंसे आभूषित हो तथा कौशेय वसन धारण करके ज्ञानी और बलवान् हो जानेके कारण साक्षात् इन्द्रके समान शोभित हुआ ॥ १८ ॥ भगवान् कृष्णके मृदु करस्पर्शसे वह गन्धर्वके समान मधुर स्वरमें गायन करता हुआ किसी सिद्ध पुरुषके सदृश प्रतीयमान होने लगा ॥ १९ ॥ उस समय उसका जैसा कमनीय और कान्तिसम्पन्न स्वरूप हो गया, अनेक प्रकारसे कठोर तप करके वैसा रूप बड़े-बड़े मुनियोंने भी नहीं पाया था। किन्तु उस पिशाचने उसे प्राप्त कर लिया ॥ २० ॥ २१ ॥ ठीक ही है, जगत्पति भगवान कृष्णका आश्रित होकर भला कभी कोई दुखी हुआ है? जो प्राणी नित्य भगवानके नामका ध्यान, पाठ तथा जप करता है, उसे किस वस्तुका अभाव हो सकता है? वह व्यक्ति सदा कल्याणभाजन बना रहता है।

समनखः समवक्त्रः समुन्नसः ॥ पद्माक्षः पद्मवर्णाभः पद्मकेशरभूषणः ॥१७॥ केयूरी चाङ्गदी चैव कौशेयवसनस्तदा ॥ ज्ञानवान्सत्त्वसंपन्नः साक्षादिन्द्र
इवापरः ॥ १८ ॥ गन्धर्व इव गायंस्तु सिद्धः सिद्ध इव स्वयम् ॥ साक्षात्स्पृष्टं तदा विष्णोः करेण मृदुपूर्वकम् ॥ १९ ॥ न नूनं तादृशं रूपमासीत्का-
लान्तरेष्वपि ॥ अद्यापि नैव मुनयो लभन्ते तादृशं वपुः ॥२०॥ कृत्वा सुबहुशो घोरं तपः परमदारुणम् ॥ यच्च लब्धं तदा तेन पिशाचेन नृपोत्तम ॥२१॥
को नु नाम जगन्नाथमाश्रितः सीदते नृप ॥ स हि सर्वत्र कल्याणो यो हि नित्यं जनार्दनम् ॥ २२ ॥ ध्यायन्पठञ्जपन्वापि तस्य किं नास्ति भूपते ॥
ततः प्रोवाच भगवान्स्थितं काममिवापरम् ॥२३॥ अक्षयः स्वर्गवासस्ते यावदिन्द्रो वसिष्यति ॥ तावत्स्वर्गी भवानस्तु शासनान्मम नान्यतः ॥२४॥
नष्टे शक्रे ततः स्वर्गात्सायुज्यं मम गच्छतु ॥ योऽयं भ्राता तव स्वर्गी यावदिन्द्रो भवेत्तदा ॥२५॥ वरं वरय भद्रं ते यस्ते मनसि वर्त्तते ॥ दाताऽस्मि सर्वं
सर्वत्र नात्र कार्या विचारणा ॥२६॥ घण्टाकर्ण उवाच ॥ यश्च मे सङ्गमं देव संस्मरन्नियतात्मवान् ॥ भक्तिस्तस्याचला देव त्वयि भूयाज्जनार्दन ॥२७॥
मनःशुद्धिर्भवेत्तस्य मा भूत्कलुषता हरे ॥ कालुष्यं मनसस्तस्य मा भूदेष वरो मम ॥ २८ ॥ एवमस्त्विति देवेशः स्वर्गं गच्छेति केशवः ॥ इन्द्रातिथिर्भ-

तदनन्तर भगवान कृष्णने द्वितीय कामदेवके सदृश सुन्दर उस पिशाचको सम्बोधित करके कहा—हे पिशाच! जबतक इन्द्रदेव स्वर्गमें निवास करें, तबतक मेरे आदेशानुसार तुम स्वर्गमें रहो और जब इन्द्र स्वर्गसे भ्रष्ट हो जायँ तो तुम भी स्वर्गसे यहाँ आकर सायुज्य मुक्ति प्राप्त कर लो। तुम्हारा भ्राता भी इन्द्रके इन्द्रत्वकालपर्यन्त स्वर्गमें निवास करेगा ॥ २२–२५ ॥ मैंने जो कहा है, उसके विपरीत कुछ भी नहीं हो सकता। अब तुम अपना इच्छित वर माँगो। तुम्हें अपनी अभिलाषापूर्तिमें तनिक भी संशय न करना चाहिए। क्योंकि मैं किसी भी जगह और किसी भी दशामें क्यों न रहूँ, सर्वदा समस्त अभिलाषायें पूर्ण कर सकता हूँ ॥ २६ ॥ घण्टाकर्ण बोला—हे देव! जो व्यक्ति इस बदरीवनमें हमारे-आपके मिलनका वृत्तान्त सुने या स्मरण करे तो उसे अचल भक्ति प्राप्त हो ॥ २७ ॥ उसके अन्तःकरणकी सारी मलीनता दूर हो और उसका मन निर्मल हो जाय। यही आपसे मेरी प्रार्थना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है ॥ २८ ॥ तब भगवानने 'तथास्तु' कहा और आज्ञा दी--घण्टाकर्ण ! अब तुम स्वर्गगमन करो और वहाँ जाकर इन्द्रके अतिथि बनो । देवराज तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं ॥ २९ ॥ भगवान कृष्णने पिशाचसे ऐसा कहकर उस ब्राह्मणशवको उठाया। भगवानके स्पर्श करते ही ब्राह्मण जी उठा और भगवानकी स्तुति करने लगा। तब श्रीकृष्णने उसका उचित सत्कार करके विदा किया । तदनन्तर वे वहाँसे चलक वहाँ जा पहुँचे, जहाँ मुनिगण यज्ञ कर रहे थे ॥ ३० ॥ ३१ ॥ उधर घण्टाकर्ण पिशाच भगवानके आज्ञानुसार स्वर्ग चला गया । हे महाराज ! आप यदि अपना मन शुद्ध करना चाहते हों तो भगवानके पिशाच-समागमका वृत्तान्त पढ़िए-सुनिये । हे राजन् ! केवल इसका पाठ करनेसे ही आपका चित्त शुद्ध हो जायगा ॥ ३२ ॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥ ८४ ॥

(भगवान श्रीकृष्णकी तपस्या) वैशम्पायन बोले--हे महाराज ! तदनन्तर भगवान कृष्णने उस पिशाचका यथार्थ वृत्तान्त उन मुनियोंको सुनाया ॥ १ ॥ सो सुनकर

वानस्तु त्वां प्रतीक्ष्य हरिः स्थितः ॥ २९ ॥ इत्युक्त्वा भगवान्कृष्ण उत्थाप्य ब्राह्मणं तदा ॥ तेन स्तुतो जगन्नाथः पूजयित्वा च तं द्विजम् ॥३०॥ ततो विसृज्य गोविंदस्तस्माद्देशादुपागमत् ॥ यत्र ते मुनयः सिद्धा अग्निहोत्रसमन्विताः ॥ ३१ ॥ स च स्वर्गी ततः स्वर्गमाज्ञया केशवस्य ह ॥ तस्मात्पठ सदा राजन्मनःशुद्धिं यदीच्छसि ॥ मनश्च शुद्धं भवति पठतस्ते जगत्पते ॥ ३२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि घण्टाकर्णमुक्तिप्रदानं नाम चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥ ८४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः स भगवान्विष्णुर्मुनिभ्यस्तत्त्वमादितः ॥ कथयामास यद्वृत्तं पिशाचस्य महात्मनः ॥ १ ॥ तच्छ्रुत्वा मुनयः सर्वे विस्मयं परमं गताः ॥ अहोऽस्य कर्मणः पाकस्तव संदर्शनादिति ॥ २ ॥ अर्चितो मुनिभिः सर्वैः प्रीतः प्रीतिमतां प्रियः ॥ ततः प्रभाते विमले सूर्ये चाभ्युदिते सति ॥ ३ ॥ आरुह्य गरुडं विष्णुर्ययौ कैलासमुत्तमम् ॥ भवद्भिस्तत्र गन्तव्यमित्युक्त्वा मुनिसत्तमान् ॥ ४ ॥ यत्र विश्वेश्वराः सिद्धास्तपस्यन्ति यतव्रताः ॥ यत्र वैश्रवणः साक्षादुपास्ते शंकरं सदा ॥ ५ ॥ यत्र तन्मानसं नाम सरो हंसालयं महत् ॥ यत्र भृङ्गी रिटिर्देव-मुपास्ते शंकरं शिवम् ॥ ६ ॥ गाणपत्यमवाप्याथ हरपार्श्वचरः सदा ॥ यत्र सिंहा वराहाश्च द्विपद्वीपिमृगैः सह ॥ ७ ॥ क्रीडन्ति वन्यरतयः

उन मुनियोंको बड़ा विस्मय हुआ और उन्होंने कहा—आपके दर्शनोंसे ही उस पिशाचकी इस प्रकार कायापलट हुई है ॥ २ ॥ तदनन्तर उन मुनियों द्वारा सत्कृत होकर भगवान कृष्ण बहुत प्रसन्न हुए। क्रमशः रात बीती। प्रभातके समय जिस प्रकार दिनमणि सूर्यभगवानकी शोभा होती है, उसी प्रकार शोभित होते हुए भगवानने गरुड़पर आरूढ़ होकर उन मुनियोंको सम्बोधित करते हुए कहा—हे मुनिवृन्द ! अब मैं कैलास पर्वतको जाता हूँ । आप लोग भी वहाँ आइएगा ॥ ३ ॥ ४ ॥ यह कहकर भगवान कैलासकी ओर चल पड़े । हे महाराज ! जहाँ विश्वेश्वर संयमपूर्वक तप करते हैं । जहाँ कुबेरजी नित्य शंकरभगवानकी आराधनामें लीन रहते हैं ॥ ५ ॥ जहाँ हंसोंकी निवासभूमि विस्तीर्ण मानसरोवर विद्यमान है । जहाँ भृङ्गी और रिटि नित्य द्वारपालवेशमें शिवजीकी उपासना करते हैं । जहाँ सिंह, व्याघ्र और वराहप्रभृति वन्य पशु अहिंसक होकर विचरण करते हैं । जहाँसे गंगा आदि नदियाँ निकलकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समुद्रमें जा मिलती हैं ॥ ६-८ ॥ जहाँ विश्वेश्वर शंकर भगवानने ब्रह्माजीका पाँचवाँ मस्तक काटा था । जहाँ बड़े-बड़े बेंत उत्पन्न होकर जीवोंके लिए दण्डस्वरूप हो गये हैं ॥९॥ जहाँ नीललोहित शंकर भगवान भगवती उमासे मिलते हैं । जहाँ विभिन्न मुनियोंके प्रार्थना करनेपर गिरिराजने जगद्धाता शिवको अपनी कन्या दी थी ॥ १० ॥ जहाँ विष्णु भगवानने शतदल कमल तथा नेत्रों द्वारा बहुत दिनों तक शिवजीकी आराधना करके चक्रास्त्र प्राप्त किया था । सिद्ध और किन्नरगण जिसकी कन्दराओंमें अपनी प्रियतमाओंके साथ मद्यपान करते हुए सुखसे जीवन यापन करते हैं । पुलस्त्यपुत्र रावण जिसे अपनी सभी भुजाओंसे उठाने गया, किन्तु वह असफल रहा ॥११-१३॥ सो श्रीकृष्ण भगवान उस कैलासपर्वतपर चढ़कर मान-सरोवरके उत्तरी तटपर गये ॥१४॥ वहाँ पहुँचकर तपश्चरणके लिए जगत्पति भगवान कृष्णने जटाधारी मानवरूप धारण करके वल्कलवसन पहन लिया ॥ १५ ॥ तदनन्तर वेदसम्मित

परस्परहिते रताः ॥ यत्र नद्यः समुत्पन्ना गङ्गाद्याः सागरंगमाः ॥ ८ ॥ यत्र विश्वेश्वरः शम्भुरच्छिनद्ब्रह्मणः शिरः ॥ यत्रोत्पन्ना महावेत्रा भूतानां दण्डतां ययुः ॥ ९ ॥ उमया यत्र सहितः शंकरो नीललोहितः ॥ ऋषिभिः प्रार्थितः पूर्वं ददौ यत्र गिरिः सुताम् ॥ १० ॥ शंकराय जगद्धात्रे शिवाय जगतीपते ॥ यत्र लेभे हरिश्चक्रमुपास्य बहुभिर्दिनैः ॥ ११ ॥ पुष्करैः शतपत्रैश्च नेत्रेण च जगत्पतिम् ॥ गुहां यत्र समाश्रित्य क्रीडन्ते सिद्धकिन्नराः ॥१२॥ प्रियाभिः सह मोदन्ते पिबन्ते मधु चोत्तमम् ॥ यमुद्धृत्य भुजैः सर्वैः पौलस्त्यो विरराम ह ॥ १३ ॥ तमारुह्य महाशैलं देवकीनन्दनो हरिः ॥ मानसस्योत्तरं तीरं जगाम यदुनन्दनः ॥ १४ ॥ तपश्चर्तुं किल हरिर्विष्णुः सर्वेश्वरः शिवः ॥ जटी चीरी जगन्नाथो मानुषं वपुरास्थितः ॥१५॥ तपसे धृतचित्तस्तु शुचौ भूमावुपाविशत् ॥ अवरुह्य ततो यानाद्गरुडाद्वेदसम्मितात् ॥१६॥ द्वादशाब्दं तपश्चर्तुं मनो दध्रे ततो हरिः ॥ फाल्गुनेन तु मासेन समारेभे जगत्पतिः ॥१७॥ शाकभक्षः कृतजपो वेदाध्ययनतत्परः ॥ किमुद्दिश्य जगन्नाथस्तपश्चरति मानवः ॥१८॥ तं न विद्मो यथाकामं दुर्ज्ञेयेश्वरचिन्तना ॥ तपस्यति तदा विष्णौ पर्वते भूतसेविते ॥ १९ ॥ गरुडः कश्यपसुत इन्धनानि समाचिनोत् ॥ होमार्थं वासुदेवस्य चरतस्तप उत्तमम् ॥ २० ॥ चक्रराजोऽथ पुष्पाणि संचिनोति तदा हरेः ॥ दिक्षु सर्वासु सर्वत्र ररक्ष जलदस्तदा ॥२१॥ खड्ग आहृत्य यत्नेन कुशान्सुबहुशस्तदा ॥ गदा कौमोदकी चैव परिचर्यां चकार ह ॥ २२ ॥ धनुःप्रवरमत्युग्रं शार्ङ्गं दानवभीषणम् ॥ स्थितं हि पुरतस्तस्य यथेष्टं भृत्यवत्स्वयम् ॥ २३ ॥ जुहोति भगवान्विष्णुरेधोभिर्बहुभिः सदा ॥ आज्यादिभिस्तदा हव्यैरग्निं संपूज्य माधवः ॥ २४ ॥ सप्तार्चिषः समाप्तिं

गरुडसे उतरकर वे एक पवित्र स्थानपर बैठे ॥ १६ ॥ वहाँ उन्होंने बारह वर्षतक तप करनेका निश्चय किया । उन्होंने केवल शाकाहार करते हुए वेदाध्ययनपूर्वक फाल्गुन मासमें तप करना आरम्भ किया । किन्तु वे जगत्पति भगवान कृष्ण उस भूतसेवित पर्वतपर किस उद्देश्यसे तप कर रहे थे, यह बात वे ही जानते थे ॥ १७ ॥ १८ ॥ उस समय कश्यपतनय गरुड होमके लिए ईंधन जुटाते थे । चक्रराज फूल चुनते थे । पांचजन्य शंख उनकी रक्षा करता था । खड्ग उनके लिए कुशका संग्रह करता था । कौमोदकी गदा उनको सेवा और दानवोंके लिए भीषण शार्ङ्गधनुष सदा उनके सम्मुख खड़ा रहकर भृत्यकी भाँति उनकी परिचर्या करने लगा ॥ १९-२३ ॥ इधर भगवान कृष्ण इन्धन द्वारा अग्नि प्रज्वलित करके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

घृत आदि हवनसामग्रियोंकी आहुति प्रदान करने लगे ॥ २४ ॥ इस प्रकार वे पृथक्-पृथक् होम एवं समग्र होमका काम सम्पन्न करने लगे। वे पहले महीनेमें केवल एक दिन और उसके बाद वर्षभरमें एक दिन भोजन करके होमकार्य करते रहे ॥ २५ ॥ २६ ॥ द्वादश वर्ष पूर्ण होनेमें एक मास बाकी रहनेपर उन्होंने पूर्णाहुति प्रदान की और अग्निका ध्यान करके आरण्यक तथा अन्यान्य मंत्रों तथा सर्वोत्कृष्ट प्रणवमंत्रका पाठ करते हुए शंकरभगवानका ध्यान करने लगे ॥ २७ ॥ २८ ॥इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेय-कृत 'नारायणी'भाषाटीकायां पञ्चाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८५ ॥

(श्रीकृष्ण भगवानके समक्ष शिवजीका आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसी समय देवराज इन्द्र तपःप्रवृत्त सर्वेश्वर विष्णुका दर्शन करनेके लिए ऐरावतपर सवार

च समस्तव्यस्ततः कृती ॥ एकस्मिन्नेकदा मासे भुञ्जानो नियतात्मवान् ॥२५॥ द्वितीये त्वथ पर्याये भुञ्जन्नेकेन केशवः ॥ एकस्मिन्वत्सरे भुञ्जंस्त-थैवैकेन केनचित् ॥ २६ ॥ समाप्य तत्तपः सर्वमेवमेव जगत्पतिः ॥ द्वादशाब्दे तथा पूर्णे ऊनमासे जगत्पतिः ॥ २७ ॥ जुह्वन्नग्निं समास्थाय पठन्मन्त्रं जनार्दनः ॥ आरण्यकं पठन्विष्णुः साक्षात्सर्वेश्वरो हरिः ॥ आस्ते ध्यानपरस्तत्र पठन्प्रणवमुत्तमम् ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां कृष्णतपोवर्णनं नाम पञ्चाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तत इन्द्रः स्वयं तत्र आरुह्य गजमुत्तमम् ॥ द्रष्टुं सर्वेश्वरं विष्णुं तपस्यन्तं समाययौ ॥ १ ॥ ततो यमस्तु भगवानारुह्य महिषं वरम् ॥ किंकरैश्च स्वयं साक्षादाययौ नगमुत्तमम् ॥ २ ॥ प्रचेता हंसमारुह्य वारुणैश्च समन्वितः ॥ श्वेतच्छत्रसमायुक्तः श्वेतव्यजनवीजितः ॥३॥ ययौ कैलासशिखरं द्रष्टुं केशवमञ्जसा ॥ अन्ये चापि तथा देवा आदित्या वसवस्तथा ॥४॥ रुद्राश्चैव तथा राजन्द्रष्टुं केशवमाययुः ॥ सिद्धाश्च मुनयश्चैव गन्धर्वा यक्षकिन्नराः ॥ ५ ॥ सर्वाश्चाप्सरसो राजन्नृत्यगीतविशारदाः ॥ ततो देवगणः सर्वः कैलासं समपद्यत ॥ ६ ॥ पर्वतो नारदश्चैव तथाऽन्ये मुनिसत्तमाः ॥ विस्मयस्थितलोलाक्षाः सर्वदेवगणास्तथा ॥ ७ ॥ आश्चर्यं खलु पश्यध्वं न भूतं न भविष्यति ॥ योगिध्येयः स्वयं कृष्णो यत्तप्यति गुरुः स्वयम् ॥ ८ ॥ को न्वत्र समयो भूयादिति ते मेनिरे गणाः ॥ ततः समाप्ते सकले जगत्पतेर्व्रते समूले सकलेश्वरः शिवः ॥ द्रष्टुं हरिं

होकर कैलासपर्वतपर गये ॥ १ ॥ तदनन्तर यमराज अपने उत्तम महिषवाहनपर सवार होकर अपने किंकरोंके साथ कैलासपर भगवानके दर्शनार्थ गये ॥ २ ॥ जलपति वरुण हंसपर आरूढ़ होकर श्वेत छत्रसे युक्त हो और श्वेत व्यजनसे वीजित होते हुए अपने गणोंके साथ वहाँ जा पहुँचे। इनके अतिरिक्त अन्यान्य देवता, आदित्यगण, वसुगण तथा रुद्रगण श्रीकृष्ण भगवानका दर्शन करनेके लिए वहाँ गये। सिद्ध, मुनि, गन्धर्व, यक्ष, किन्नर, नृत्य-गाननिपुण अप्सरायें और विभिन्न देवता कैलासशिखरपर जा पहुँचे ॥ ३–६ ॥ इधर पर्वत, नारद आदि अन्यान्य मुनिगण तथा आश्चर्यसे विकसितनयन देवता वहाँ एकत्रित होकर कहने लगे—॥ ७ ॥ देखो, कितने आश्चर्यकी बात है। आजतक ऐसी अद्भुत घटना कभी नहीं घटी और भविष्यमें भी ऐसा होनेकी सम्भावना नहीं है। योगीगण यत्नपूर्वक जिनका ध्यान धरते हैं और जो जगद्गुरु हैं, वे भगवान कृष्ण स्वयं तप कर रहे हैं ॥८॥ जो भी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो, उनके ऐसा करनेमें अवश्य कोई महान् कारण होगा। इधर जगत्पति विष्णुभगवानका तपोऽनुष्ठान समाप्त हुआ, उधर सर्वेश्वर शंकर भगवान निजभूतगणों तथा भगवती पार्वतीको साथ लेकर लोकहितैषी कृष्णका दर्शन करनेके निमित्त उनके समीप पहुँच गये ॥९॥ उनके प्रियसखा कुबेर तथा बहुतेरे यक्ष भी उनके साथ थे। उस समय जटाधारी शंकरजी बाण तथा खड्ग लिये थे और द्वितीयाका चन्द्रमा उनके मस्तकपर विराजमान था ॥१०॥ शिवजीके एक हाथमें कुशकी पिंडुली तथा कमण्डलु, दूसरे हाथमें दीपक, तीसरे हाथमें वीणा तथा डमरू और चौथे हाथमें त्रिशूल विद्यमान था ॥११॥ उनके गलेमें रुद्राक्षकी माला थी। जटाभारसे उनके शरीरकी कान्ति ताम्र तथा पिंगलवर्ण थी और वे स्वयं शुभ्र वृषभपर सवार थे ॥१२॥ उनकी दृष्टि भगवती पार्वतीके दोनों स्तनोंपर जमी हुई थी और पार्वतीजी शंकरजीका आलिङ्गन करके उनकी अधरसुधाका पान कर रही थीं। गंगाजी उनके मस्तकपर विराजमान थीं और रह

लोकहितैषिणं प्रभुं ययौ भवान्या सह भूतसङ्घैः ॥ ९ ॥ सार्द्धं कुबेरेण सगुह्यकेन सख्या प्रियेण प्रभुरीश्वरः शिवः ॥ स्वयं जटी भूतपिशाचसंवृतः शरी च खड्गी शशिखण्डशेखरः ॥१०॥ करेण बिभ्रत्सह दर्भकुण्डिकां करेण साक्षादपरेण दीपिकाम् ॥ अन्येन बिभ्रन्महतीं सडिण्डिमां शूलं च बिभ्रन्नपरेण बाहुना ॥ ११ ॥ गुणान्स रुद्राक्षकृतान्समुद्वहञ्जटाभिरापिंगलताम्रमूर्तिः ॥ विराजमानः प्रभुरिन्दुशेखरो वृषेण युक्तः स सितेन शंकरः ॥ १२ ॥ उमास्तनद्वन्द्वसमर्पिताननस्तया समाश्लिष्य निपीडिताधरः ॥ गङ्गाम्बुविक्षालितचन्द्रशेखरस्तां चापि वीक्षन्बहुशस्तदा शिवः ॥ १३ ॥ भस्माङ्गरागैरनुलेपिताननो महोरगैर्बद्धजटः सनातनः ॥ शिरःकपालैः परिशोभितस्तदा द्रष्टुं हरिं केशवमभ्ययाच्छिवः ॥ १४ ॥ यमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तं पुरातनं सांख्यनिबद्धदृष्टयः ॥ यस्यापि देवस्य गुणान्समग्रांस्तत्त्वांश्चतुर्विंशतिमाहुरेके ॥ १५ ॥ यमाहुरेके पुरुषं पुरातनं कणादनामानमजं महेश्वरम् ॥ दक्षस्य यज्ञं विनिहत्य यो वै विनाश्य देवानसुरान्सनातनः ॥ १६ ॥ यं विदुर्भूततत्त्वज्ञं भूतेशं भूतभावनम् ॥ वामदेवं विरूपाक्षमाहुस्तत्त्वविदो जनाः ॥१७॥ महादेवं सहस्राक्षं कालमूर्तिं चतुर्भुजम् ॥ रुद्रं रोदननामानमाहुर्विश्वेश्वरं शिवम् ॥१८॥ अप्रमेयमनाधारमाहुर्माहेश्वरा जनाः ॥ नग्नं नग्नपरीतं तु नागिनं त्वग्निवर्चसम् ॥ १९ ॥ आहुर्विश्वेश्वरं शान्तं शिवमादिं सनातनम् ॥ तस्य मूर्तीरिमाः सर्वा धराद्याः सकला नृप ॥२०॥ भूमिरापोऽनलो वायुः खं सूर्यश्च तथा शशी ॥ अग्निश्च यजमानश्च प्रकृतिश्चैवमष्टधा ॥२१॥ महादेवो महायोगी गिरीशो नीललोहितः ॥

रहकर शिवजी उनको भी निहारते रहते थे ॥१३॥ उनके मुखमण्डलपर भस्म मली थी। उनकी जटा भीषणाकार सर्पोंसे बँधी हुई थी और मुण्डमालासे उनके शरीरकी दीप्ति बढ़ती जाती थी। ऐसे शंकर भगवान श्रीकृष्णजीका दर्शन करनेके लिए उनके पास गये ॥ १४ ॥ हे महाराज! जिन्हें सांख्यमतावलम्बी एकमात्र पुरुष और अन्य मतवाले लोग जिनके गुणसमूहको चौबीस तत्त्व मानते हैं ॥ १५ ॥ कुछ लोग उन शिवजीको पुरातन पुरुष, कणाद, अज तथा महेश्वर कहते हैं। उन्होंने ही दक्षके यज्ञका विनाश करके बहुतेरे देवताओं और दैत्योंका वध किया था ॥ १६ ॥ तत्त्वज्ञ लोग जिन्हें भूततत्त्वज्ञ, भूतेश, भूतभावन, महादेव और विरूपाक्ष कहते हैं ॥ १७ ॥ शैवगण जिन्हें सहस्राक्ष, कालमूर्ति, चतुर्भुज, रुद्र, विश्वेश्वर, शिव, अप्रमेय, अनाधार, नग्न, नागोपवीत, शान्तस्वभाव और सनातन आदि देव कहते हैं। भूमि, जल, वायु, अग्नि, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा और यजमान ये जिनके आठ रूप हैं ॥१८-२१॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वे महादेव, महायोगी. गिरीश, नीललोहित, आदिकर्ता, भूमिकर्ता, शूलपाणि तथा उमापति शंकरभगवान भूतगणोंके साथ जगत्पति कृष्णभगवानका दर्शन करनेके लिए उनके समीप पहुँचे ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां षडशीतितमोऽध्यायः ॥ ८६ ॥

(शंकरजी और कृष्णभगवानका साक्षात्कार) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भूतभावन शंकरजी चले तो उनके आगे-आगे हजारों भूत भी चले। जैसे घण्टाकर्ण, विरूपाक्ष, कुण्डधार, कुमुद्वह, दीर्घरोमा, दीर्घभुज, दीर्घबाहु, निरंजन, उरुनेत्र, शतमुख, शतग्रीव, शतोदर, कुण्डोदर, महाग्रीव, स्थूलजिह्व, द्विबाहु, पार्श्ववक्त्र, सिंहमुख, उन्नतांस, महाहनु ॥१–३॥ त्रिबाहु, पञ्चबाहु, व्याघ्रवक्त्र, सितानन, ये तथा इनके अतिरिक्त बहुतेरे दीर्घमुख एवं दीर्घलोचन भूत उनके साथ थे ॥ ४ ॥ उनमेंसे कुछ नाचते, कुछ अट्टहास करते और कुछ परस्पर

आदिकर्त्ता महाभर्त्ता शूलपाणिरुमापतिः ॥ द्रष्टुं विश्वेश्वरं विष्णुं भूतसङ्घैः समाययौ ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां शिवागमनकथनं नाम षडशीतितमोऽध्यायः ॥ ८६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ तस्याग्रे समपद्यन्त भूतसङ्घाः सहस्रशः ॥ घण्टाकर्णो विरूपाक्षः कुण्डधारः कुमुद्वहः ॥ १ ॥ दीर्घरोमा दीर्घभुजो दीर्घबाहुर्निरञ्जनः ॥ उरुनेत्रः शतमुखः शतग्रीवः शतोदरः ॥ २ ॥ कुण्डोदरो महाग्रीवः स्थूलजिह्वो द्विबाहुकः ॥ पार्श्ववक्त्रः सिंहमुख उन्नतांसो महाहनुः ॥३॥ त्रिबाहुः पञ्चबाहुश्च व्याघ्रवक्त्रः सितान‌नः ॥ एते चान्ये च बहवो दीर्घास्या दीर्घलोचनाः ॥४॥ नृत्यन्तः प्रहसन्तश्च स्फोटयन्तः परस्परम् ॥ तथाऽन्ये घोररूपाश्च तथाऽन्ये विकृताननाः ॥ ५ ॥ प्रेतभक्षाः प्रेतवाहा मांसशोणितभोजनाः ॥ शवानि सुबहून्याशु भक्षयन्तस्त-तस्ततः ॥ ६ ॥ पिबन्तो रुधिरं घोरं खण्डयन्तः शवान्बहून् ॥ कराला वितता दीर्घा धमनिस्नायुसंतताः ॥ ७ ॥ नानाविधाः सुवीराश्च शूलाग्र-प्रोतमानुषाः ॥ शिलामालावृताः केचिदान्त्रपाशावपाशिताः ॥ ८ ॥ डिण्डिमैरट्टहासैश्च नादयन्तो वसुन्धराम् ॥ कपालिनो भैरवाश्च जटिला मुण्डिनस्तथा ॥ ९ ॥ एवं बहुविधा घोराः पिशाचा विकृताननाः ॥ तथाऽन्ये मुनिवीराश्च ध्यायन्तः परमेश्वरम् ॥ १० ॥ पठन्तो वेदवाक्यानि साङ्गानि विविधानि च ॥ कुण्डिकास्थकराः केचित्केचित्कुशविचारिणः ॥ ११ ॥ कौपीनवसनाः केचित्केचित्कार्पाससंवृताः ॥ स्तुवन्तः शङ्करं

ताल ठोंक रहे थे। उनमें कुछका बड़ा विकराल मुख था और बहुतोंका मुख विकृत था ॥ ५ ॥ उनमें कुछ शव भक्षण करते और कुछ शव ढो रहे थे। कुछ रुधिर पान करते और कुछ उन सबोंके टुकड़े करते चलते थे। उनका रूप जितना भयानक था, उतना ही विशाल भी था। उनके शरीरभरमें शिरायें तथा धमनियाँ उभरी हुई थीं ॥ ६ ॥ ७ ॥ वे सभी वीर पुरुष थे। उनमें बहुतेरे पिशाच अपने-अपने त्रिशूलकी नोकपर किसी शवका शरीर बींधकर चल रहे थे। उन सबका शरीर मुण्डमालसे सुशोभित था। कुछका शरीर अन्त्रपाशसे आवेष्टित था ॥८॥ बहुतेरे कपाल,मुण्डमाल, जटाधारी तथा भीषणकाय प्रमथगण इस प्रकार डमरूकी ध्वनि तथा हास्य कर रहे थे कि उनके शब्दसे समस्त पृथिवी प्रतिध्वनित हो रही थी ॥९॥ दूसरी ओर अगणित मुनिगण साङ्ग वेदका पाठ तथा परमेश्वर शंकरभगवानका ध्यान करते हुए चल रहे थे। उनमेंसे कुछके हाथमें कुण्डिका और कुछके हाथमें कुशायें थीं ॥१०॥११॥ उनमेंसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ कौपनधारी और कुछ कार्पासवसन धारण करके बड़ी भक्तिके साथ शंकरभगवानके स्तोत्रात्मक मंत्रोंसे स्तुति कर रहे थे ॥१२॥ इस प्रकार एक ओर प्रथमगण, दूसरी ओर नृत्य-गीत-कुशल प्रियसहचर सिद्ध तथा गन्धर्वगण अपनी स्त्रियोंके साथ नाच-गा रहे थे। अन्य ओर विद्याधरगण शंकरभगवानके स्तोत्रोंका पाठ करते हुए चल रहे थे ॥ १३ ॥ १४ ॥ उनके आगे अगणित अप्सरायें नाच रही थीं। इस प्रकार उन भयानक पिशाचों, भूतों, किन्नरों, मुनियों और प्रमथगणोंके साथ शङ्करभगवान उस स्थानपर जा पहुँचे, जहाँ जगत्पति विष्णु तप कर रहे थे ॥ १५॥ १६ ॥ जहाँ विभिन्न लोकपाल विद्यमान थे। लोकभावनी भगवती पार्वती और गंगाजीके साथ वे वहाँ गये ॥ १७ ॥ सब लोकोंकी उत्पत्तिके मूल कारण, विभु, जटाधारी, प्रणवात्मक, उदारविक्रम एवं सर्वकार्यकुशल शङ्करजी उन मांसाहारी पिशाचोंके साथ विष्णुभगवानके दर्शनार्थ उनके पास जा पहुँचे ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे

भक्त्या स्तोत्रैर्माहेश्वरैस्तथा ॥ १२ ॥ एकत्र ते मुनिगणा अपरत्र गणास्तथा ॥ अन्यत्र सिद्धगन्धर्वाः प्रियाभिः सह सङ्गताः ॥ १३ ॥ नृत्यन्ति नृत्यकुशला गायन्ति स्म च कन्यकाः ॥ विद्याधरास्तथाऽन्यत्र स्तुवन्तः शङ्करं शिवम् ॥ १४ ॥ ननृतुस्तस्य पुरतो गच्छन्तोऽप्सरसां गणाः ॥ एवमेतैर्महाघोरैः पिशाचैर्भूतकिन्नरैः ॥ १५ ॥ मुनिभिश्चैव प्रमथैः समं शर्वः समाययौ ॥ यत्र विश्वेश्वरो विष्णुस्तपस्तेपे सुदारुणम् ॥ १६ ॥ यत्र ते लोकपालाश्च तिष्ठन्ति स्म दिदृक्षया ॥ उमया लोकभाविन्या गङ्गया चन्द्रशेखरः ॥ १७ ॥ स सर्वलोकप्रभवो भवो विभुर्जटी च साक्षात्प्रणवात्मकः कृती ॥ द्रष्टुं हरिं विष्णुमुदारविक्रमो ययौ यथेष्टं पिशिताशनैर्वृतः ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां महादेवागमने सप्ताशीतितमोऽध्यायः ॥ ८७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एवं बहुविधैर्भूतैः पिशाचैरुरगैः सह ॥ आगत्य भगवान्रुद्रः शंकरो वृषवाहनः ॥ १ ॥ ददर्श विष्णुं देवेशं तपन्तं तप उत्तमम् ॥ जुह्वानमग्निं विधिवद्द्रव्यैर्मेध्यैर्जगत्पतिम् ॥ २ ॥ गरुडाहृतकाष्ठं तु जटिलं चीरवाससम् ॥ चक्रेणानीतकुसुमं खड्गानीतकुशं तथा ॥ ३ ॥ गदाकृतसमाचारं देवदेवं जनार्दनम् ॥ इन्द्राद्यैर्देवसङ्घैश्च वृतं मुनिगणैः सह ॥ ४ ॥ अचिन्त्यं सर्वभूतानां ध्यायन्तं किमपि प्रभुम् ॥ अवरुह्य वृषाच्छर्वो भगवान्भूतभावनः ॥५॥ ततः प्रीतः प्रसन्नात्मा ललाटाक्ष उमापतिः ॥ ततो भूतपिशाचाश्च राक्षसा गुह्यकास्तथा ॥६॥ मुनयो विप्रवर्याश्च

भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्ताशीतितमोऽध्यायः ॥ ८७ ॥

(भगवान विष्णु द्वारा शिवस्तुति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! वृषवाहन रुद्र शङ्करने इस प्रकार बहुतेरे भूतों और पिशाचोंके साथ कैलासपर्वतपर जाकर देखा कि भगवान कृष्ण पूर्णरूपसे तपोमग्न हैं। वे विविध प्रकारकी हवन-सामग्रियोंसे अग्निकुण्डमें आहुति डाल रहे हैं ॥ १ ॥ २ ॥ गरुड़ काष्ठ, चक्र पुष्प, खड्ग कुश-आहरण तथा गदा उनकी परिचर्या कर रही हैं। वे लम्बी जटा तथा वल्कलवसन धारण किये हुए हैं। इन्द्रादि देवता और अगणित मुनिगण उन्हें चारों ओरसे घेरे हुए हैं ॥ ३ ॥ ४ ॥ सब प्राणियोंके अचिन्त्य वे महाप्रभु कुछ सोच रहे थे। उसी समय भूतभावन महेशने बैलसे उतरकर जो वहाँका भव्य वातावरण देखा तो बहुत प्रसन्न हुए। तत्काल भूत, पिशाच, राक्षस, गुह्यक एवं मुनिगण चारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओरसे जयध्वनि करते हुए कहने लगे—हे पुण्यात्मन् रुद्रदेव ! हे आदिदेव ! हे जगन्नाथ ! हे शङ्कर ! हे भूतभावन ! हे रुद्र ! हे जनार्दन ! ॥ ५–७ ॥ हे विष्णो ! हे हृषीकेश ! हे नारायणपरायण ! हे रुद्र ! हे पुण्यात्मन् ! हे देव ! हे हरेश्वर ! आपकी जय हो ॥ ८ ॥ हे आदिदेव ! हे कौस्तुभदीप्ताङ्ग ! हे भस्मविराजित ! हे शङ्कर ! आपकी जय हो ॥ ९ ॥ हे चक्र-गदापाणे ! हे शूलिन् ! हे त्रिलोचन ! हे मौक्तिकदीप्ताङ्ग ! हे नागविभूषित ! आपकी जय हो ॥१०॥ ऐसा कहकर उन मुनियोंने उन्हें प्रणाम किया । तदनन्तर भगवान विष्णु विरूपाक्ष वृषध्वज महादेवको अपने सम्मुख उपस्थित देखकर उठ खड़े हुए और हाथ जोड़कर उनकी स्तुति करने लगे ॥११॥१२॥ श्रीकृष्ण बोले—हे शितिकण्ठ! हे नीलग्रीव ! हे वेधः! हे शोचि! हे उपवासिन् ! आपको नमस्कार है ॥१३॥ हे मीढुष ! हे गदाधर ! हे विश्वतनो ! हे वृष ! हे वृषरूपिन् ! आपको प्रणाम है ॥१४॥ हे अमूर्त देव ! हे पिनाकिन् ! आपको नमस्कार है।

जयशब्दं प्रचक्रिरे ॥ जय देव जगन्नाथ जय रुद्र जनार्दन ॥ ७ ॥ जय विष्णो हृषीकेश नारायणपरायण ॥ जय रुद्र पुराणात्मञ्जय देव हरेश्वर ॥ ८ ॥ आदिदेव जगन्नाथ जय शंकर भावन ॥ जय कौस्तुभदीप्ताङ्ग जय भस्मविराजित ॥ ९ ॥ जय चक्रगदापाणे जय शूलिंस्त्रिलोचन ॥ जय मौक्तिकदीप्ताङ्ग जय नागविभूषण ॥ १० ॥ इति ते मुनयः सर्वे प्रणामं चक्रिरे हरिम् ॥ तत उत्थाय भगवान्दृष्ट्वा देवमवस्थितम् ॥ ११ ॥ वृषध्वजं विरूपाक्षं शङ्करं नीललोहितम् ॥ ततो हृष्टमना विष्णुस्तुष्टाव हरमीश्वरम् ॥ १२ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ नमस्ते शितिकण्ठाय नीलग्रीवाय वेधसे ॥ नमस्ते शोचिषे अस्तु नमस्ते उपवासिने ॥ १३ ॥ नमस्ते मीढुषे चास्तु नमस्ते गदिने हर ॥ नमस्ते विश्वतनवे वृषाय वृषरूपिणे ॥१४॥ अमूर्ताय च देवाय नमस्तेऽस्तु पिनाकिने ॥ नमः कुब्जाय कूप्याय शिवाय शिवरूपिणे ॥ १५ ॥ नमस्तुण्डाय तुष्टाय नमस्तुटितुटाय च ॥ नमः शिवाय शान्ताय गिरिशाय च ते नमः ॥ १६ ॥ नमो हराय हिप्राय नमो हरिहराय च ॥ नमोऽघोराय घोराय घोरघोरप्रियाय च ॥ १७ ॥ नमोऽघण्टाय घण्टाय नमो घटिघटाय च ॥ नमः शिवाय शान्ताय गिरिशाय च ते नमः ॥ १८ ॥ नमो विरूपरूपाय पुराय पुरहारिणे ॥ नम आद्याय बीजाय शुचयेऽष्टस्वरूपिणे ॥ १९ ॥ नमः पिनाकहस्ताय नमः शूलासिधारिणे ॥ नमः खट्वाङ्गहस्ताय नमस्ते कृत्तिवाससे ॥ २० ॥ नमस्ते देवदेवाय नम आकाशमूर्तये ॥ हराय हरिरूपाय नमस्ते तिग्मतेजसे ॥ २१ ॥ भक्तप्रियाय भक्ताय भक्तानां वरदायिने ॥ नमोऽस्तु मूर्तये देव जगन्मूर्तिधराय च ॥२२॥

हे कुब्ज ! हे कूप्य ! हे शिव ! हे शिवरूपिन् ! हे तुण्ड ! हे तुष्ट ! हे तुटितुट ! हे शान्त ! हे गिरिश ! हे हर ! हे हिप्र (रेचक-पूरकरूप) ! हे हरिहर ! हे अघोर ! हे घोर ! हे घोरघोरप्रिय ! आपको नमस्कार है ॥१५–१७॥ हे घण्ट ! हे अघण्ट ! हे घटिघट ! हे शिव ! हे शान्त ! हे गिरिश ! आपको नमस्कार है ॥ १८ ॥ हे विरूपरूप ! हे पुर (क्षेत्ररूप) ! हे पुरहारिन् ! हे आद्य ! हे बीज ! हे शुचे ! हे अष्टस्वरूपिन् ! आपको नमस्कार है ॥१९॥ हे पिनाकहस्त ! हे शूलासिधारिन् ! हे खट्वाङ्गहस्त ! हे कृत्तिवासः ! आपको नमस्कार है ॥२०॥ हे देवदेव ! हे आकाशमूर्ते ! हे हर ! हे हरिरूप ! हे तिग्मतेजः ! आपको नमस्कार है ॥ २१ ॥ हे भक्तप्रिय ! हे भक्त ! हे भक्तोंके वरदाता ! हे मूर्ति ! हे देव ! हे जगन्मूर्तिधर ! आपको नमस्कार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है ॥२२॥ आप चन्द्र-सूर्य आदि देवताओंमें प्रधान और सब प्राणियोंके अधिपति हैं। मेरा आपको नमस्कार है ॥२३॥ आप कराल, मुण्ड, विकृति, कपर्दी और अज हैं। हे भूतभावन ! हे भावन ! मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ २४ ॥ आप हरिकेश, पिंगल, अभीपु(प्रग्रह)हस्त और भीरुजनोंके भयहारी हैं । मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ २५ ॥ आप हर, भीतिरूप, घोर, प्राणियोंके भयदाता, दक्षयज्ञविध्वंसकारी और भगदेवताके नेत्रनाशक हैं। मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ २६ ॥ हे उमापते ! हे कैलासवासिन् ! हे आदिदेव ! हे देव ! हे भव ! हे भवरूपिन् ! आपको नमस्कार है ॥ २७ ॥ हे कपालहस्त ! हे अज (ब्रह्मा)मथन ! हे त्र्यम्बक ! हे त्र्यक्ष ! हे शिव ! मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ २८ ॥ हे चन्द्रशेखर ! आप वरद, वरेण्य, इध्म, हवि, ध्रुव और कुश हैं। आपको नमस्कार है ॥ २९ ॥ आप शक्तियुक्त, नागपाशप्रिय, विरूप, सुरूप और मद्यपानप्रिय हैं। आपको नमस्कार है ॥ ३० ॥

नमश्चन्द्राय देवाय सूर्याय च नमो नमः ॥ नमः प्रधानदेवाय भूतानां पतये नमः ॥२३॥ करालाय च मुण्डाय विकृताय कपर्दिने ॥ अजाय च नमस्तुभ्यं भूतभावन भावन ॥ २४ ॥ नमोऽस्तु हरिकेशाय पिंगलाय नमो नमः॥ नमस्तेऽभीषुहस्ताय भीरुभीरुहराय च ॥ २५ ॥ हराय भीतिरूपाय घोराणां भीतिदायिने ॥ नमो दक्षमखघ्नाय भगनेत्रापहारिणे ॥२६॥ उमापते नमस्तुभ्यं कैलासनिलयाय च ॥ आदिदेवाय देवाय भवाय भवरूपिणे ॥२७॥ नमः कपालहस्ताय नमोऽजमथनाय च ॥ त्र्यम्बकाय नमस्तुभ्यं त्र्यक्षाय च शिवाय च ॥२८॥ वरदाय वरेण्याय नमस्ते चन्द्रशेखर ॥ नम इध्माय हविषे ध्रुवाय च कुशाय च ॥ २९ ॥ नमस्ते शक्तियुक्ताय नागपाशप्रियाय च ॥ विरूपाय सुरूपाय मद्यपानप्रियाय च ॥ ३० ॥ श्मशानरतये नित्यं जयशब्दप्रियाय च ॥ खरप्रियाय खर्वाय खराय खररूपिणे ॥३१॥ भद्रप्रियाय भद्राय भद्ररूपधराय च ॥ विरूपाय सुरूपाय महाघोराय ते नमः ॥३२॥ घण्टाय घण्टभूषाय घण्टभूषणभूषिणे ॥ तीव्राय तीव्ररूपाय तीव्ररूपप्रियाय च ॥३३॥ नग्नाय नग्नरूपाय नग्नरूपप्रियाय च ॥ भूतावास नमस्तुभ्यं सर्वावास नमो नमः ॥३४॥ नमः सर्वात्मने तुभ्यं नमस्ते भूतिदायक ॥ नमस्ते वामदेवाय महादेवाय ते नमः ॥३५॥ का नु वाक्स्तुतिरूपा ते को नु स्तोतुं प्रशक्नुयात ॥ कस्य वा स्फुरते जिह्वा स्तुतौ स्तुतिमतां वर ॥३६॥ क्षमस्व भगवन्देव भक्तोऽहं त्राहि मां हर ॥ सर्वात्मन्सर्वभूतेश त्राहि मां सततं हर ॥३७॥ रक्ष देव जगन्नाथ लोकान्सर्वात्मना हर ॥ त्राहि भक्तान्सदा देव भक्तप्रिय सदा हर ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते

आपको श्मशान प्रिय है। आप जयशब्द, खर प्रिय, खर्व, खर और खररूपी हैं । आपको नमस्कार है ॥ ३१ ॥ हे भद्रप्रिय ! हे भद्र ! हे भद्ररूपधारिन् ! हे विरूप ! हे सुरूप ! हे महाघोर ! आपको प्रणाम है ॥ ३२ ॥ आप घण्टा, घण्टाभूषण, घण्टाभूषणसे आभूषित, तीव्र और तीव्ररूप हैं। आपको नमस्कार है ॥ ३३ ॥ हे नग्न ! हे नग्नरूप ! हे नग्नरूपप्रिय ! हे भूतावास ! हे सर्वावास ! आपको नमस्कार है ॥ ३४ ॥ हे सर्वात्मन् ! हे भूतिदायक ! हे वामदेव ! हे महादेव ! आपको नमस्कार है ॥ ३५ ॥ हे महादेव ! ऐसा कोई वाक्य ही नहीं है कि जिससे आपकी स्तुति की जाय। और फिर पूर्णरीतिसे आपकी स्तुति कौन कर सकता है ? हे स्तुति योग्य पुरुषोंमें श्रेष्ठ ! आपकी स्तुति करनेके लिए किसकी जिह्वा स्फुरित हो सकती है ? ॥ ३६ ॥ हे भगवन् ! हे देव ! हे हर ! मैं आपका भक्त हूँ। आप मेरी रक्षा करिए। हे सर्वात्मन् ! हे सर्वभूतेश ! हे हर ! आप सदा मेरी रक्षा करते रहें ॥३७॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे देव ! हे जगन्नाथ ! आप सब तरहसे सब लोकोंकी रक्षा करें। हे देव ! हे भक्तप्रिय ! हे हर ! आप अपने भक्तोंकी सदा रक्षा करते रहें ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८८ ॥

(शङ्करभगवान द्वारा श्रीकृष्णचन्द्रकी स्तुति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर शूलपाणि वृषध्वज देव उमापतिने श्रवणोत्सुक देवताओं तथा मुनियोंके समक्ष गरुडध्वज तथा चक्रधारी भगवान विष्णुका करस्पर्श करके उनको सम्बोधित करते हुए कहा—॥१॥२॥ हे देवदेवेश ! हे चक्रपाणे ! हे जनार्दन ! आप किस लिए ऐसी कठोर तपस्यामें प्रवृत्त हुए हैं ! आपकी क्या अभिलाषा है ? ॥ ३ ॥ आप स्वयं विष्णु हैं। अतएव आप स्वतः सब तपस्याओंकी तपस्या हैं। हे जनार्दन ! यदि आप पुत्रप्राप्तिके निमित्त तप करते हों तो हे जगत्पते ! पुत्र तो मैं आपको पहले ही दे चुका हूँ। तब यह तपस्या किस लिए आपने की है ? हे भगवन् ! हे कारणात्मक ! इस समयकी तपस्याका कारण मैं बता रहा हूँ, सुनिए—

खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां विष्णुकृतेश्वरस्तुतिर्नाम अष्टाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततो वृषध्वजो देवः शूली साक्षादुमापतिः ॥ करं करेण संस्पृश्य विष्णोश्चक्रधरस्य ह ॥ १ ॥ प्रोवाच भगवान्रुद्रः केशवं गरुडध्वजम् ॥ शृण्वतां सर्वदेवानां मुनीनां भावितात्मनाम् ॥ २ ॥ किमिदं देवदेवेश चक्रपाणे जनार्दन ॥ तपश्चर्या किमर्थं ते प्रार्थना तव का विभो ॥ ३ ॥ स्वयं विष्णुर्भवान्नित्यस्तपस्त्वं तपसां हरे ॥ पुत्रार्थं यदि ते देव तपश्चर्या जनार्दन ॥ ४ ॥ पुत्रो दत्तो मया देव पूर्वमेव जगत्पते ॥ शृणु तत्रापि भगवान्कारणं कारणात्मक ॥ ५ ॥ तपश्चर्तुं प्रवृत्तोऽहं कुतश्चित्कारणाद्धर ॥ वर्षायुतं महाघोरं पुरा कृतयुगे तदा ॥ ६ ॥ भवानी तत्र मे देव परिचर्तुं तदाऽभवत् ॥ पित्रा नियुक्ता देवेश उमैषा वरवर्णिनी ॥ ७ ॥ भीत इन्द्रस्तदा देव मारं मां प्रैषयत्तदा ॥ मधुना सह संयुक्तो मारो मामागतस्तदा ॥ ८ ॥ लक्ष्यं मामकरोत्तत्र बाणस्य प्रेषितस्य ह ॥ एषा मां सेवते तत्र दानात्पुष्पादिनां हरे ॥ ९ ॥ ततः क्रुद्धोऽहमभवं दृष्ट्वा मारं तथाविधम् ॥ क्रुद्धयतो मम देवेश नेत्रादग्निः पपात ह ॥ १० ॥ सोऽयमग्निस्तदा मारं भस्मसात्कृतवान्हरे ॥ अचिन्त्यं तदा विष्णो शक्रस्यैतच्चिकीर्षितम् ॥ ११ ॥ ततः प्रभृति देवेश दया तं प्रति वर्तते ॥ ब्रह्मणा च नियुक्तोऽस्मि प्रीतस्तत्र जनार्दन ॥ १२ ॥ नियुक्तः पुत्ररूपेण स

॥ ४ ॥ ५ ॥ पूर्वकालमें सत्ययुगके समय एक बार मैं किसी कारणवश दस हजार वर्षव्यापी कठोर तप करने लगा ॥ ६ ॥ उस समय वरवर्णिनी उमा भगवती पार्वती अपने पिताके आदेशसे मेरी सेवा करने लगीं ॥ ७ ॥ इन्द्रदेव मेरी तपस्या देखकर भयभीत हो गए और तपमें विघ्न डालनेके लिए उन्होंने कामदेवको मेरे पास भेजा। उनके आदेशानुसार कामदेव वसन्त ऋतुके साथ वहाँ आ उपस्थित हुआ ॥ ८ ॥ मेरे निकट पहुँचकर कामदेवने एकमात्र मुझको ही अपने बाणका लक्ष्य बनाया। उस समय पार्वतीजी ही पुष्प आदि पूजन-सामग्री जुटाकर मेरी सेवा कर रही थीं ॥ ९ ॥ किन्तु कामदेवको देखते ही मुझे क्रोध आ गया। हे देवेश ! इस प्रकार क्रोध करते ही सहसा मेरे नेत्रोंसे आगकी लपटें निकलने लगीं। हे हरे ! उन लपटोंने तत्काल कामदेवको जलाकर भस्म कर दिया। हे विष्णो ! उसके बाद मुझको विश्वास हो गया कि यह कार्य इन्द्रका ही था ॥ १० ॥ ११ ॥ तदनन्तर ब्रह्माजीके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रोत्साहनसे मैं प्रसन्न हो गया और मेरे मनमें कामदेवके प्रति दयाभाव जाग्रत् हुआ ॥ १२ ॥ हे देव ! हे जगत्पते ! उसी समय मैंने कामदेवको आपके 'प्रद्युम्न' नामक ज्येष्ठ पुत्रके रूपमें प्रवर्तित कर दिया ॥ १३ ॥ वह कन्दर्प ही इस समय आपका ज्येष्ठ पुत्र है । इस विषयमें विशेष विचार करनेकी आवश्यकता नहीं है ॥ १४ ॥ हे महाराज ! देवदेव शङ्कर भगवान ऐसा कहकर शरणोन्मुख मुनियोंको विष्णुका प्रकृत तत्त्व प्रदर्शित करनेके लिए उन्हें हाथ जोड़ा ॥ १५ ॥ शंकरजीके हाथ जोड़ते ही सब मुनि, देवता, गन्धर्व, सिद्ध और किन्नरगण भी उन देवदेव विष्णुभगवानको हाथ जोड़कर खड़े हो गए ॥ १६ ॥ १७ ॥ उसी समय महेश्वर शिवने नारायणको सम्बोधित करके कहा—हे जनार्दन ! सांख्यमतावलम्बी मनीषी जिन्हें प्रकृतिसंज्ञक कारण कहते हैं, वे ही सत्त्व, रज, तम एवं त्रिगुणात्मक हैं ॥ १८ ॥ उनके मतानुसार आप ही वह त्रिगुणात्मक कारण हैं और कोई नहीं। आप जिस प्रकृतिके कारण हैं,

ते देव जगत्पते ॥ ज्येष्ठस्तव सुतो देव प्रद्युम्नेत्यभिविश्रुतः ॥ १३ ॥ स्मरं तं विद्धि देवेश नात्र कार्या विचारणा ॥ इत्युक्त्वा पुनराहेदं याथात्म्यं दर्शयन्निव ॥१४॥ मुनीनां श्रोतुकामानां याथात्म्यं तत्र सत्तमः ॥ अञ्जलिं संपुटं कृत्वा विष्णुमुद्दिश्य शंकरः ॥१५॥ उमया सार्द्धमीशानो याथात्म्यं वक्तुमैहत ॥ हरे कुर्वति तत्रैवमञ्जलिं कुरुसत्तम ॥१६॥ मुनयो देवगन्धर्वाः सिद्धाश्च सह किन्नरैः ॥ अञ्जलिं चक्रिरे विष्णौ देवदेवेश्वरे हरौ ॥१७॥ महेश्वर उवाच ॥ यच्चत्कारणमाहुस्तत्सांख्याः प्रकृतिसंज्ञकम् ॥ ततो महान्समुत्पन्नः प्रकृतिर्यस्य कारणम् ॥ १८ ॥ त्रिधाभूतं जगद्योनिं प्रधानं कारणात्मकम् ॥ सत्त्वं रजस्तमो विष्णो जगदण्डं जनार्दन ॥ १९ ॥ तस्य कारणमाहुस्त्वां सांख्यप्रकृतिसंज्ञकम् ॥ तद्रूपेण भवान्विष्णो परिणम्याधितिष्ठति ॥ २० ॥ तस्मात्तु महतो घोरादहंकारो महानभूत् ॥ सत्वमादौ जगन्नाथ परिणामस्तथा हि सः ॥ २१ ॥ अहंकारात्प्रभो देव कारणानि महान्ति च ॥ तन्मात्राणि तथा पञ्च भूतानि प्रभवन्त्युत ॥ २२ ॥ तानि त्वामाहुरीशानं भूतानीह जगत्पते ॥ पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ २३ ॥ चक्षुर्घ्राणं तथा स्पर्शो रसनं श्रौतमेव च ॥ मनःषष्ठं तथा देव प्रेरकं तत्र तत्र ह ॥ २४ ॥ कर्मेन्द्रियाणि चान्यानि वागादीनि जनार्दन ॥ त्वमेव तानि सर्वाणि करोषि नियतात्मवान् ॥ २५ ॥ स्वेषु स्वेषु जगन्नाथ विषयेषु तथा हरे ॥ निवेशयसि देवेश योग्यामिन्द्रियपद्धतिम् ॥ २६ ॥ यदा त्वं रजसा युक्तस्तदा भूतानि सृष्टवान् ॥ यदा च सत्त्वयुक्तोऽसि तदा पाता जगत्त्रयम् ॥२७॥ यदा त्वं तमसाक्रुष्ट-

उस प्रकृतिसे महत्त्वकी उत्पत्ति हुई है । आप ही महत्तत्त्वरूपमें परिणत तथा सर्वव्यापी होकर सर्वत्र विद्यमान रहते हैं ॥१९॥२०॥ उसी घोरतर महत्तत्त्वसे महान् अहङ्कारतत्त्व उत्पन्न हुआ । हे जगन्नाथ ! इन सबके मूल कारण आप ही हैं और ये ही आपके परिणाम हैं ॥२१॥ तदनन्तर उस अहङ्कारतत्त्वसे तन्मात्रा तथ पञ्च महाभूतोंकी उत्पत्ति हुई ॥२२॥ पृथ्वी, वायु, आकाश, जल और अग्नि, ये ही वे पञ्चमहाभूत हैं और आप स्वयं पञ्चमहाभूतस्वरूप हैं ॥ २३ ॥ चक्षु, घ्राण, स्पर्श, रसना, श्रोत्र और मन ये ही छ इन्द्रियें उन पञ्चमहाभूतोंकी प्रेरक हैं ॥ २४ ॥ कर्मेन्द्रिय तथा वचन आदि अन्यान्य इन्द्रियाँ भी आपसे ही उत्पन्न हुई हैं ॥ २५ ॥ हे जगन्नाथ ! आपने ही इन इन्द्रियोंको नियमानुसार अपने-अपने स्थानोंमें स्थापित किया है ॥ २६ ॥ जब आप रजोगुणसे मिलते हैं, तब जीवोंकी सृष्टि करते हैं और जब सत्त्वगुणके साथ मिलते हैं, तब त्रिलोकीका पालन करते हैं ॥ २७ ॥ जब आप तमोगुणसम्पन्न

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होते हैं, तब जगत्का संहार करते हैं। अतएव आप ही इन तीनों गुणोंमें मिलकर सृष्टि, स्थिति और प्रलयका कार्य करते हैं ॥ २८ ॥ हे माधव ! आप एक ही समय त्रिविध रूप धारण कर सकते हैं। आप ही प्राणियोंके लिए उपयोगार्थ अर्ककी सृष्टि करके इन्द्रियोंको अपने-अपने कार्यपर नियुक्त करते हैं। कहनेका तात्पर्य यह कि आप ही भोगवान् होकर सभी स्थानों और सभी प्राणियोंमे विद्यमान रहते हैं ॥ २९ ॥ ३० ॥ आप सृष्टिकालमें ब्रह्मा, पालनके समय विष्णु और संहारके समय रुद्रनामसे विख्यात होते हैं। सुतरां आप ही त्रिगुणात्मक हैं ॥ ३१ ॥ भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन और बुद्धि ये सब आपकी भिन्न-भिन्न प्रकृतिमात्र हैं ॥ ३२ ॥ आप ही सहस्रशीर्ष, आप ही सहस्राक्ष, सहस्रपाद, सहस्रास्य, सहस्रात्मा और आप ही दिवस्पति हैं ॥ ३३ ॥ आप ही सूक्ष्मरूपमें सर्वगामी होकर सप्तद्वीपा एवं ससागरा पृथिवीमें व्याप्त होते हुए दशाङ्गुलके मध्यतकमें विराजमान रहते

स्तदा संहरसे जगत् ॥ त्रिभिरेव गुणैर्युक्तः सृष्टिरक्षाविनाशने ॥ २८ ॥ वर्त्तसे त्रिविधां भूतिमादाय नियतात्मवान् ॥ इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु नियो-
जयसि माधव ॥२९॥ प्राणिनामुपभोगार्थमन्तः स्थित्वा जगद्गुरो ॥ तस्मात्सर्वत्र भूतेषु वर्त्तते सर्वभोगवान् ॥३०॥ ब्रह्मा त्वं सृष्टिकाले तु स्थितो
विष्णुरसि प्रभो ॥ संहारे रुद्रनामासि त्रिधामा त्वमसि प्रभो ॥ ३१ ॥ भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च ॥ एताः प्रकृतयो देव भिन्नाः
सर्वत्र ते हरे ॥ ३२ ॥ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ॥ सहस्रधारः साहस्री सहस्रात्मा दिवस्पतिः ॥ ३३ ॥ भूमिं सर्वामिमां प्राप्य सप्तद्वीपां
ससागराम् ॥ अणुः सर्वत्रगो भूत्वा अत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥ ३४ ॥ त्वमेवेदं जगत्सर्वं यद्भूतं यद्भविष्यति ॥ त्वत्तो विराट् प्रादुरभूत्सम्राट् चैव
जनार्दन ॥ ३५॥ तव वक्त्राज्जगन्नाथ ब्राह्मणो लोकरक्षकः ॥ प्रादुरासीत्पुराणात्मन्षट्कर्मनिरतः सदा ॥ ३६ ॥ राजन्यस्तु तथा बाह्वोरासीत्संरक्षणे
रतः ॥ ऊर्वोर्वैश्यस्तथा विष्णोः पादाच्छूद्र उदाहृतः ॥ ३७ ॥ एवं वर्णा जगन्नाथ तव देहाज्जनार्दन ॥ मनसस्तव देवेश चन्द्रमाः समपद्यत ॥ ३८ ॥
सुखकृत्सर्वभूतानां शीतांशुरमितप्रभः ॥ अक्ष्णोः सूर्यः समुत्पन्नः सर्वप्राणिविलोचनः ॥ ३९ ॥ यस्य भासा जगत्सर्वं भासते भानुमानसौ ॥
मुखादिन्द्रश्च अग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत ॥ ४० ॥ नाभेरभूदन्तरिक्षं तव देव जनार्दन ॥ द्यौरासीत्तु महाघोरा शिरसस्तव गोपते ॥ ४१ ॥ पद्भ्यां

हैं ॥ ३४ ॥ यह जगत् जो उत्पन्न हुआ है और आगे चलकर भविष्यमें उत्पन्न होगा, वह सब आपका ही स्वरूप है। हे जनार्दन ! आपसे ही विराट् और सम्राट्की उत्पत्ति हुई है ॥ ३५ ॥ हे जगन्नाथ ! षट्कर्मनिरत लोकरक्षक ब्राह्मणगण आपके मुखसे, लोकरक्षातत्पर क्षत्रियगण आपकी भुजाओंसे, वैश्यगण आपके ऊरुसे एवं शूद्रगण आपके चरणमूलसे उत्पन्न हुए हैं ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ हे जनार्दन ! इस प्रकार आपके द्वारा ही सब वर्ण उत्पन्न हुए हैं। हे देवेश ! जो सुधाधर शीतांशु चन्द्रमा समस्त संसारके सुखकी वृद्धि करते हैं, उनकी उत्पत्ति आपके मनसे हुई है। जो सूर्यदेव समस्त जगत्के नेत्रस्वरूप हैं और जिनकी प्रभासे सम्पूर्ण संसार उद्भासित होता है, वे सूर्यदेव आपके नेत्रोंसे उत्पन्न हुए हैं। आपके मुखसे इन्द्र और अग्निकी उत्पत्ति हुई है और आपके प्राणोंसे वायुदेव जायमान हुए हैं ॥ ३८–४० ॥ इसी प्रकार पृथिवी आपके दोनों पैरोंसे और सब दिशायें श्रोत्रसे उत्पन्न हुई हैं। आपकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नाभिसे आकाश और आपके मस्तकसे स्वर्गलोक जायमान हुआ है । इस तरह आपसे ही यह समस्त जगत् उत्पन्न हुआ है और आप ही सर्वत्र व्याप्त होकर स्थित हैं । 'विष्' धातुका व्यापक अर्थ होनेके कारण ही आपका 'विष्णु' नाम पड़ा है ॥ ४१-४३ ॥ 'नार' आर्थात् जल आपका 'अयन' अर्थात् विश्रामस्थल है । इसी कारण आप नारायण कहलाते हैं ॥ ४४ ॥ आप सब प्राणियोंका दुःख हरते हैं । अतएव हरि कहे जाते हैं । आपके द्वारा ही सबका 'शं' अर्थात् कल्याण होता है । इसी कारण आपका एक नाम शंकर भी है ॥ ४५ ॥ बृहत्त्व एवं बृंहण अर्थात् पुष्टकरत्वगुणसम्पन्न होनेके कारण आप 'ब्रह्म' कहलाते हैं । 'मधु' अर्थात् इन्द्रियोंका बल ह्रास करनेके कारण आप मधुसूदन कहे जाते हैं ॥ ४६ ॥ 'हृषीक' अर्थात् विषये-न्द्रियोंके प्रभु होनेके कारण आप हृषीकेश कहलाते हैं ॥ ४७ ॥ 'क' अर्थात् ब्रह्मा एवं शिव हम दोनों सब देहधारियोंके स्वामी हैं । हम दोनों आपसे ही उत्पन्न हुए हैं । अतएव आप

भूमिः समुत्पन्ना दिशः श्रोत्राज्जगत्पते ॥ एवं सृष्ट्वा जगत्सर्वं व्याप्य सर्वं व्यवस्थितः ॥ ४२ ॥ व्याप्य सर्वानिमाँल्लोकान्स्थितः सर्वत्र केशव ॥ ततश्च विष्णुनामाऽसि धातोर्व्याप्तेश्च दर्शनात् ॥ ४३ ॥ नारा अपः समाख्यातास्तासामयनमादितः ॥ यतस्त्वं भूतभव्येश तन्नारायणशब्दितः ॥४४॥ हरसि प्राणिनो देव ततो हरिरिति स्मृतः ॥ शंकरोऽसि सदा देव ततः शंकरतां गतः ॥४५॥ बृहत्त्वाद्बृंहणत्वाच्च तस्माद्ब्रह्मेति शब्दितः ॥ मधुरिन्द्रियनामेति ततो मधुनिषूदनः ॥ ४६ ॥ हृषीकाणीन्द्रियाण्याहुस्तेषामीशो यतो भवान् ॥ हृषीकेशस्ततो विष्णो ख्यातो देवेषु केशव ॥ ४७ ॥ क इति ब्रह्मणो नाम ईशोऽहं सर्वदेहिनाम् ॥ आवां तवाङ्गसम्भूतौ तस्मात्केशवनामवान् ॥ ४८ ॥ मा विद्या च हरे प्रोक्ता तस्या ईशो यतो भगवान् ॥ तस्मान्माधवनामाऽसि धवः स्वामीति शब्दितः ॥ ४९ ॥ गौरेषा तु यतो वाणी तां च वेद यतो भवान् ॥ गोविन्दस्तु ततो देव मुनिभिः कथ्यते भवान् ॥५०॥ त्रिरित्येव त्रयो वेदाः कीर्तिता मुनिसत्तमैः ॥ क्रमते तांस्तथा सर्वांस्त्रिविक्रम इति श्रुतः ॥५१॥ अणर्वामननामाऽसि यतस्त्वं वामनाख्यया ॥ मननान्मुनिरेवासि यमनाद्यतिरुच्यते ॥ ५२ ॥ तपश्चरसि यस्मात्त्वं तपस्वीति च शब्दितः ॥ वसन्ति त्वयि भूतानि भूतावासस्ततो हरे ॥५३॥ ईशस्त्वं सर्वभूतानामीश्वरोऽसि ततो हरे ॥ प्रणवः सर्ववेदानां गायत्री छन्दसां प्रभो ॥५४॥ अक्षराणामकारस्त्वं स्फोट-स्त्वं वर्णसंश्रयः ॥ रुद्राणामहमेवासि वसूनां पावको भवान् ॥ ५५ ॥ अश्वत्थो वृक्षजातीनां ब्रह्मा लोकगुरुर्भवान् ॥ मेरुस्त्वं पर्वतेन्द्राणां देवर्षीणां

'केशव' कहे जाते हैं ॥४८॥ 'मा' अर्थात् विद्याके 'धव' अर्थात् स्वामी होनेके कारण आप माधव नामसे विख्यात हैं ॥४९॥ 'गो' अर्थात् वाणीको 'वेद' अर्थात् जानते हैं । इसी कारण मुनिजन आपको गोविन्द कहते हैं ॥ ५० ॥ 'त्रि' अर्थात् तीनों वेद, उन तीनों वेदोंका आप अतिक्रमण कर जाते हैं । इसी कारण आप त्रिविक्रम कहलाते हैं ॥ ५१ ॥ अणु होनेके कारण वामन, मनन करनेके कारण मुनि और यमन करनेके कारण आप यती कहे जाते हैं ॥ ५२ ॥ आपने तप किया है । अतएव लोग आपको तपस्वी कहते हैं । आपमें सभी प्राणियोंका निवास है । इस कारण आप भूतावास नामसे विख्यात हैं ॥ ५३ ॥ सब प्राणियोंके प्रभु होनेके कारण आप ईश्वर कहलाते हैं । आप सब वेदोंके प्रणव (ओंकार) और छन्दोंमें गायत्री छन्द हैं ॥ ५४ ॥ अक्षरोंमें वर्णसंश्रित अकार, रुद्रोंमें मैं, वसुओंमें पावक, वृक्षोंमें अश्वत्थ, लोकगुरुओंमें ब्रह्मा, बड़े-बड़े पर्वतोंमें सुमेरु और देवर्षियोंमें नारद आप ही हैं

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥ ५५ ॥ ५६ ॥ दानवोंमें भक्तवत्सल प्रह्लाद और सब सर्पोंमें मुख्य वासुकी आप ही हैं ॥ ५७ ॥ यक्षोंमें आप कुबेर, जलजन्तुओंमें वरुण और नदियोंमें त्रिपथगामिनी गंगा आप ही हैं ॥ ५८ ॥ आप सब प्राणियोंके आदि-मध्य और अन्त हैं। यह विश्व आपसे ही उत्पन्न हुआ है और आपमें ही विलीन हो जायगा ॥ ५९ ॥ आप और मैं दोनों ही सर्वगामी हैं। आपमें और मुझमें शब्दगत तथा अर्थगत किसी प्रकारका कोई भी भेद नहीं है ॥ ६० ॥ हे गोविन्द! इस लोकमें आप जिन-जिन नामोंसे पुकारे जाते हैं, मैं भी उन्हीं नामोंसे अभिहित होता हूँ। इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥ ६१ ॥ हे जगन्नाथ! आपकी उपासना ही मेरी उपासना है और आपके प्रति किया हुआ द्वेष ही मेरा द्वेष है ॥ ६२ ॥ जिससे आपकी महिमाका विस्तार होता है, उसीसे मैं भी विस्तीर्ण होकर भूतपति कहलाता हूँ। संसारमें कोई भी कार्य आपके बिना नहीं सिद्ध होता ॥ ६३ ॥ जो बीत चुका, जो वर्तमान है और जो

च नारदः ॥ ५६ ॥ दानवानां भवान्दैत्यः प्रह्लादो भक्तवत्सलः ॥ सर्पाणामेव सर्वेषां भवान् वासुकिसंज्ञितः ॥ ५७ ॥ गुह्यकानां च सर्वेषां भवान्धनद एव च ॥ वरुणो यादसां राजा गङ्गा त्रिपथभाग्भवान् ॥ ५८ ॥ आदिस्त्वं सर्वभूतानां मध्यमन्तस्तथा भवान् ॥ त्वत्तः समभवद्विश्वं त्वयि सर्वं प्रलीयते ॥ ५९ ॥ अहं त्वं सर्वगो देव त्वमेवाहं जनार्दन ॥ आवयोरन्तरं नास्ति शब्दैरर्थैर्जगत्पते ॥ ६० ॥ नामानि तव गोविन्द यानि लोके महान्ति च ॥ तान्येव मम नामानि नात्र कार्या विचारणा ॥ ६१ ॥ त्वदुपासा जगन्नाथ सैवास्तु मम गोपते ॥ यश्च त्वां द्वेष्टि देवेश स मां द्वेष्टि न संशयः ॥ ६२ ॥ त्वद्विस्तारो यतो देव अहं भूतपतिस्ततः ॥ न तदस्ति विना देव यत्ते विरहितं हरे ॥ ६३ ॥ यदासीद्वर्त्तते यच्च यच्च भावि जगत्पते ॥ सर्वं त्वमेव देवेश विना किञ्चित्त्वया न हि ॥ ६४ ॥ स्तुवन्ति देवाः सततं भवन्तं स्वैर्गुणैः प्रभो ॥ ऋक्च त्वं यजुरेवासि सामासि सततं प्रभो ॥ ६५ ॥ किमुच्यते मया देव सर्वं त्वं भूतभावन ॥ नमः सर्वात्मना देव विष्णो माधव केशव ॥ ६६ ॥ नमस्करोमि सर्वात्मन्नमस्तेऽस्तु सदा हरे ॥ नमः पुष्करनाभाय वन्दे त्वामहमीश्वर ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां शिवकृतविष्णुस्तुतिर्नाम नवाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्त्वा देवदेवेशं मुनीनाह पुनः शिवः ॥ एवं जानीत हे विप्रा ये भक्ता द्रष्टुमागताः ॥ १ ॥ एतदेव परं वस्तु

भविष्यमें होनेवाला है, वह सब आपके सिवाय और कुछ भी नहीं है ॥ ६४ ॥ देवता अपने गुणों द्वारा सदा आपका यशोगान करते हैं। हे प्रभो! आप ऋक्, यजुः और सामवेद हैं ॥ ६५ ॥ हे केशव! हे माधव! हे विभो! हे भूतभावन! और अधिक क्या कहूँ? मैं आपको जो भी कहकर पुकारूँ, वह सब आप ही हैं ॥ ६६ ॥ अतएव हे सर्वात्मन्! मैं आपको नमस्कार करता हूँ। हे पुष्करनाभ! हे सर्वेश्वर! मैं आपकी वन्दना करता हूँ। आपको नमस्कार करता हूँ ॥ ६७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां नवाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८९ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान विष्णुकी इस प्रकार स्तुति करके शिवजीने वहाँ उपस्थित मुनियोंसे कहा—दर्शनार्थ यहाँ आये हुए हे ब्राह्मणगण! संसारमें ये ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सर्वश्रेष्ठ पदार्थ हैं। इनसे बढ़कर उत्कृष्ट वस्तु और कोई भी नहीं है। ये ही आप लोगोंकी तपस्या, ये ही आप लोगोंके ध्येय, ये ही श्रेय और ये ही परम धन हैं ॥ १–३ ॥ ये ही आपके जन्मकृत्य, ये ही तपःफल, ये ही पुण्याधार, ये ही सनातनधर्म, ये ही मोक्षदाता, सन्मार्ग, पुण्यदाता और ये ही आपके कर्मफल हैं ॥ ४ ॥ ५ ॥ सभी ब्रह्मवादी तथा सांख्य-वादी मनीषी इन्हींकी प्रशंसा करते हैं। ये वेदवादियोंके वेदस्वरूप हैं। अतएव वेदवेत्तागण इन्हींकी प्रार्थना करते हैं। ये विष्णु ही आप लोगोंके ध्येय हैं। संसारमें नारायणकी अपेक्षा श्रेष्ठ देवता और कोई नहीं है। आप लोग सदा ओंकारका जप और नारायणका ध्यान करें ॥ ६–९ ॥ ऐसा करनेसे आप लोगोंको अवश्य निःश्रेयस् (मोक्ष) की प्राप्ति होगी। इसमें सन्देह नहीं है। इस प्रकार ध्यान करनेसे भगवान आप लोगोंपर प्रसन्न होंगे ॥ १० ॥ एकमात्र ये ही दृढ़तर संसारबन्धन काट सकते हैं। हे विप्रों ! यदि आपलोग इन्हें

नैतस्मात्परमस्ति वः ॥ एतदेव विजानीध्वमेतद्वः परमं तपः ॥ २ ॥ एतदेव सदा विप्रा ध्येयं सततमानसैः ॥ एतद्वः परमं श्रेय एतद्वः परमं धनम् ॥३॥ एतद्वो जन्मनः कृत्यमेतद्वस्तपसः फलम् ॥ एष वः पुण्यनिलय एष धर्मः सनातनः ॥४॥ एष वो मोक्षदाता च एष मार्ग उदाहृतः ॥ एष पुण्यप्रदः साक्षादेतद्वः कर्मणां फलम् ॥ ५ ॥ एतदेव प्रशंसन्ति विद्वांसो ब्रह्मवादिनः ॥ एष त्रयीगतिर्विप्राः प्रार्थ्यो ब्रह्मविदां सदा ॥ ६ ॥ एतदेव प्रशंसन्ति सांख्ययोगसमाश्रिताः ॥ एष ब्रह्मविदां मार्गः कथितो वेदवादिभिः ॥ ७ ॥ एवमेव विजानीत नात्र कार्या विचारणा ॥ हरि-रेकः सदा ध्येयो भवद्भिः सत्त्वमास्थितैः ॥ ८ ॥ नान्यो जगति देवोऽस्ति विष्णोर्नारायणात्परः ॥ ओमित्येवं सदा विप्रा पठत ध्यात केशवम् ॥९॥ ततो निःश्रेयसप्राप्तिर्भविष्यति न संशयः ॥ एवं ध्यातो हरिः साक्षात्प्रसन्नो वो भविष्यति ॥१०॥ भवनाशमयं देवः करिष्यति दृढं हरिः ॥ सदा ध्यात हरिं विप्रा यदीच्छा प्राप्तुमच्युतम् ॥ ११ ॥ एष संसारविभवं विनाशयति वो गुरुः ॥ स्मरध्वं सततं विष्णुं पठध्वं त्रिशरीरिणम् ॥ १२ ॥ मनःसंयमनं विप्राः कुरुध्वं यत्नतः सदा ॥ शुद्धेऽन्तःकरणे विष्णुः प्रसीदति तपोधनाः ॥ १३ ॥ ध्यात्वा मां सर्वयत्नेन ततो जानीत केशवम् ॥ उपास्योऽहं सदा विप्रा उपास्येऽस्मिन्हरौ स्मृतः ॥ १४ ॥ उपायोऽयं मया प्रोक्तो नात्र संदेह इत्यपि ॥ अयं मायी सदा विप्रा यतध्वमघनाशने ॥ १५॥ यथा वो बुद्धिरखिला शुद्धा भवति यत्नतः ॥ तथा कुरुत विप्रेन्द्रा यथा देवः प्रसीदति ॥ १६ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमुक्तास्ततः

पाना चाहें तो सर्वदा इन्हींका ध्यान करें ॥११॥ ये ही आप लोगोंके गुरु हैं और ये ही आप लोगोंके सांसारिक भव (पुनर्जन्म) का नाश करेंगे। अतएव इन त्रिगुणात्मक त्रिष्णुभगवानका आप लोग सदा स्मरण और जप करें ॥ १२ ॥ हे विप्रों ! आपलोग यत्नपूर्वक मनको संयममें लायें। क्योंकि हे तपोधनगण ! अन्तःकरण शुद्ध होनेपर ही विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं ॥ १३ ॥ आपलोग निश्चितरूपसे समझ लें कि इनकी उपासना करनेपर ही मेरी उपासना पूर्ण होती है और भलीभाँति मेरा ध्यान करनेके बाद ही आपलोग श्रीकृष्णभगवानका ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे ॥ १४ ॥ मैंने जो उपाय बतलाया है, उसमें आप तनिक भी सन्देह न करें। हे विप्रों ! ये बड़े प्रबल मायावी हैं। अतएव आपलोग अपने पाप नष्ट करनेका उद्योग करते रहें ॥१५॥ आप ऐसा प्रयत्न करें कि जिससे आपकी बुद्धि शुद्ध हो जाय और देवदेव कृष्णभगवान प्रसन्न हो जायँ ॥ १६ ॥ वैशम्पायन कहने लगे—हे महाराज ! शंकरजीके ऐसा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहनेपर उन पुण्यात्मा मुनियोंने उनकी बातको यथावत् हृदयंगम कर लिया। क्योंकि उन लोगोंका सारा संशय निवृत्त हो गया था ॥ १७ ॥ तदनन्तर हाथ जोड़कर उन मुनियोंने कहा—हे महादेव! हमारे सब सन्देह निवृत्त हो गये। आपके उपदेशको हमने हृदयमें उतार लिया है ॥१८॥ आज हम अपना संशय निवृत्त करनेके लिए ही यहाँ आये थे। सो आप दोनों महापुरुषोंके सम्पर्कसे हमारा समस्त मोहान्धकार नष्ट हो गया ॥ १९ ॥ हे देवेश! आपने जो कुछ कहा है, उससे हमारा परम कल्याण होगा। आपके उपदेशानुसार आज ही से हमलोग नारायणको प्रसन्न करनेकी सतत चेष्टा करेंगे। ऐसा कहकर उन मुनियोंने बड़ी श्रद्धाके साथ भगवान नारायणको प्रणाम किया ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां नवतितमोऽध्यायः ॥ ९० ॥

सर्वे मुनयः पुण्यशीलिनः ॥ यथावदुपगृह्णाना निरस्यन्संशयं नृप ॥ १७ ॥ एवमेवेति तं विप्राः प्राहुः प्राञ्जलयो हरम् ॥ छिन्नो नः संशयः सर्वो गृहीतोऽर्थः स तादृशः ॥ १८ ॥ एतदर्थं समायाता वयमद्य तवालयम् ॥ संगमाद्युवयोः सर्वो नष्टो मोहो महानिह ॥ १९ ॥ यथा वदसि देवेश तथा नः श्रेयसे परम् ॥ यथाऽऽह भगवान् रुद्रो यतामः सततं हरौ ॥ इति ते मुनयः प्रीताः प्रणेमुः केशवं हरिम् ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां नवतितमोऽध्यायः ॥ ९० ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः स भगवान् रुद्रः सर्वान्विस्मापयन्निव ॥ स्तुत्या प्रचक्रमे स्तोतुं विष्णुं विश्वेश्वरं हरिम् ॥ अर्थ्याभिस्तु तदा वाग्भिर्मुनीनां शृण्वतां तथा ॥१॥ महेश्वर उवाच ॥ नमो भगवते तुभ्यं वासुदेवाय धीमते ॥ यस्य भासा जगत्सर्वं भासते नित्यमच्युत ॥२॥ नमो भगवते देव नित्यं सूर्यात्मने नमः ॥ यः शीतयति शीतांशुर्लोकान्सर्वानिमान्विभुः ॥ ३ ॥ नमस्ते विष्णवे देव नित्यं सोमात्मने नमः ॥ यः प्रजाः प्रीणयत्येको विश्वात्मा भूतभावनः ॥ ४ ॥ नमः सर्वात्मने देव नमो वाय्वात्मने हरे ॥ यो दधार करेणासौ कुशचीरादि यत्सदा ॥ ५ ॥ दधार वेदान्सर्वांश्च तुभ्यं ब्रह्मात्मने नमः ॥ सर्वान्संहरते यस्तु संहारे विश्वदृक्सदा ॥ ६ ॥ क्रोधात्माऽसि विरूपोऽसि तुभ्यं रुद्रात्मने नमः ॥ सृष्टौ स्रष्टा सम-

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसी समय भगवान शंकर उन मुनियोंके समक्ष वेदार्थयुक्त अर्थगर्भित वाक्यों द्वारा जगत्पति विष्णुभगवानकी स्तुति करने लगे। उनकी ऐसी प्रबल श्रद्धा देखकर मुनिगण बहुत विस्मित हुए ॥ १ ॥ श्रीशिवजी बोले—हे भगवान् वासुदेव! जिन सूर्यदेवकी किरणोंसे संसार प्रकाशसम्पन्न होता है। आप उन्हीं सूर्यदेवके मूर्तिमान् स्वरूप हैं। अतएव हे सूर्यात्मन्! आपको नमस्कार है। जो चन्द्रमा विश्वको शीतल किरणदान देकर लोगोंको शान्ति-सुखयुक्त करते हैं, आप वही चन्द्रस्वरूप हैं। अतएव हे सोमात्मन्! आपको नमस्कार है। जो भूतभावन विश्वात्मा वासुदेव सब जीवोंको जीवनदान देते हैं, आप वही सर्वात्मा वायु हैं। अतएव हे पवनात्मन्! आपको नमस्कार है। जो ब्रह्मा अपने तनमें कुश-वल्कलवसन आदि धारण करते हैं ॥ २-५ ॥ जिन्होंने चारों वेदोंको धारण कर रक्खा है, आप वही ब्रह्मा हैं। अतएव हे ब्रह्मात्मन्! आपको नमस्कार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है । प्रलयकालमें जो क्रोधात्मा रुद्रदेव समस्त विश्वका संहार करते हैं, आप वही विश्वदृक् रुद्र हैं । अतएव हे रुद्रात्मन् ! आपको नमस्कार है । जो अजन्मा विष्णु सृष्टिकालमें समस्त जीवोंकी सृष्टि करके प्राणदान देते हैं । आप वही सृष्टिकर्ता हैं । अतएव हे विश्वसृज् ! आपको नमस्कार है । सर्वप्रथम एकमात्र प्रकृतिका अवलम्बन करके आपने सृष्टिकार्य सम्पन्न किया है । अतएव हे देवादिदेव ! आप सर्वप्रधान हैं । आपको नमस्कार है ॥ ६–८ ॥ इस पृथिवीपर आप जीवोंमें गन्धरूपसे विद्यमान रहते हैं । अतएव हे दृढ़ तथा दृढ़रूप गन्धात्मन् ! आपको नमस्कार है । आप सब जीवोंको सुख देनेके लिए रसरूपसे सर्वत्र विद्यमान रहते हैं । अतएव हे विश्वरूप ! हे रसात्मन् ! आपको नमस्कार है । आप बड़े दयालु हैं और सदा सब प्राणियोंके कल्याणमें तत्पर रहते हुए अपने तेजसे सब कुछ उद्भासित करते हैं । अतएव हे भास्वररूपिन् जगन्नाथ ! आपको नमस्कार है ॥९–११॥ वायुमें जो

स्तानां प्राणिनां प्राणदायिने ॥ ७ ॥ अजाय विष्णवे तुभ्यं स्रष्ट्रे विश्वसृजे नमः ॥ आदौ प्रकृतिमूलाय भूतानां प्रभवाय च ॥८॥ नमस्ते देवदेवेश
प्रधानाय नमो नमः ॥ पृथिव्यां गन्धरूपेण संस्थितः प्राणिनां हरे ॥ ९ ॥ दृढाय दृढरूपाय तुभ्यं गन्धात्मने नमः ॥ अपां रसाय सर्वत्र प्राणिनां
सुखहेतवे ॥१०॥ नमस्ते विश्वरूपाय रसाय च नमो नमः ॥ तेजसा भास्करो यस्तु घृणो जन्तुहितः सदा ॥११॥ तस्मै देव जगन्नाथ नमो भस्कर-
रूपिणे ॥ वायोः स्पर्शगुणो यत्र शीतोष्णसुखदुःखदः ॥ १२ ॥ नमस्ते वायुरूपाय नमः स्पर्शात्मने हरे ॥ आकाशेऽवस्थितः शब्दः सर्वश्रोत्र-
निवेशनः ॥१३॥ नमस्ते भगवन्विष्णो तुभ्यं शब्दात्मने नमः ॥ यो दधार जगत्सर्वं मायामानुषदेहवान् ॥१४॥ नमस्तुभ्यं जगन्नाथ मायिनेऽमाय-
दायिने ॥ नम आद्याय बीजाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥१५॥ अचिन्त्याय सुचिन्त्याय तस्मै चिन्त्यात्मने नमः ॥ हराय हरिरूपाय ब्रह्मणे ब्रह्मदायिने
॥१६॥ नमो ब्रह्मविदे तुभ्यं ब्रह्मब्रह्मात्मने नमः ॥ नमः सहस्रशिरसे सहस्रकिरणाय च ॥ १७ ॥ नमः सहस्रवक्त्राय सहस्रनयनाय च ॥ विश्वाय
विश्वरूपाय विश्वकर्त्रे नमो नमः ॥ १८ ॥ विश्ववक्त्रे नमो नित्यं भूतावास नमो नमः ॥ इन्द्रियायेन्द्ररूपाय विषयाय सदा हरे ॥ १९ ॥
नमोऽश्वशिरसे तुभ्यं वेदाभरणरूपिणे ॥ अग्नयेऽग्निपते तुभ्यं ज्योतिषां पतये नमः ॥ २० ॥ सूर्याय सूर्यपुत्राय तेजसां पतये नमः ॥ नमः सोमाय

शीत, उष्ण एवं सुख-दुःखमय स्पर्शगुण विद्यमान रहता है । सो आप वायुरूपधारी और स्पर्शगुणसमन्वित हैं । अतएव हे स्पर्शात्मन् ! आपको नमस्कार है । जो शब्द आकाशका गुण है और जगतीतलके सब जीवोंके कर्णविवरपर अधिकार रखता है । सो आप वही शब्दस्वरूप हैं । अतएव हे शब्दात्मन् ! आपको नमस्कार है । जिन्होंने मायामानवरूप धारण करके इस संसारको धारण कर रक्खा है । आप वही मायावी देवता हैं । अतएव हे मायाविन् ! आपको नमस्कार है । हे भगवन् विष्णो ! आप आदिबीज, निर्गुण और गुणात्मा हैं ॥१२–१५॥ आप अचिन्त्य, सुचिन्त्य, चिन्त्यात्मा, हर, हरिरूप, ब्रह्म, ब्रह्मपददाता, ब्रह्मज्ञ, सहस्रशीर्ष, सहस्ररश्मि, सहस्रमुख, सहस्रनयन, विश्व, विश्वरूप; विश्वकर्मा, विश्वमुख और भूतावास हैं । हे हरे ! आप इन्द्रिय, इन्द्ररूप तथा विषयस्वरूप हैं । आपको नमस्कार है ॥ १६–१९ ॥ आप अश्वशिरा, वेदोंके अलंकार, अग्नि, अग्निपति, ज्योतिष्पति, सूर्य, सूर्यपुत्र, तेजःपति,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सोम, सौम्य और शीतात्मा हैं। हे हरे! आपको नमस्कार है ॥ २० ॥ २१ ॥ आप यज्ञ, इज्य, हवि, हव्यसंस्कृत, स्रुव, स्रुवपात्र, यज्ञाङ्ग, पर, प्रणवदेह, क्षर, अक्षर, वेद, वेदरूप, शस्त्री और शस्त्ररूप हैं। आप गदाधर, खड्गधारी, शङ्ख-चक्रधर, शूल-चर्मधारी और वरदायक हैं। आपको नमस्कार है ॥ २२—२४ ॥ आप बुधप्रिय, बुद्ध, प्रबुद्ध, सुख, हरि, विष्णु और सर्वात्मा हैं। हे गुरो! आपको नमस्कार है ॥ २५ ॥ हे सर्वलोकेश! हे सर्वकर्तः! हे स्वभावशुद्ध! हे यज्ञसूकर! आपको नमस्कार है ॥ २६ ॥ हे विष्णो! हे हरे! हे धीमान् वासुदेव! आपको शतशः नमस्कार है ॥ २७ ॥ हे कृष्ण! हे सर्वावास! आपको बारम्बार प्रणाम है। हे जनार्दन! आप सब तरहसे सब प्राणियोंका प्रतिपालन करिए ॥ २८ ॥ भूतभावन शंकर भगवानने इस प्रकार जगत्पति विष्णुभगवानकी स्तुति करके वहाँ उपस्थित मुनियोंसे कहा—हे मुनियों! आप लोग नित्य इस स्तोत्रका पाठ करके विष्णुभगवानकी शरणमें जायँ ॥२९॥ ऐसा

सौम्याय नमः शीतात्मने हरे ॥२१॥ नमो यज्ञाय इज्याय हविषे हव्यसंस्कृते ॥ नमः स्रुवाय पात्राय यज्ञाङ्गाय पराय च ॥२२॥ नमः प्रणवदेहाय क्षरायाप्यक्षराय च ॥ वेदाय वेदरूपाय शस्त्रिणे शस्त्ररूपिणे ॥ २३ ॥ गदिने खड्गिने तुभ्यं शंखिने चक्रिणे नमः ॥ शूलिने चर्मिणे नित्यं वरदाय नमो नमः ॥ २४ ॥ बुधप्रियाय बुद्धाय प्रबुद्धाय सुखाय च ॥ हरये विष्णवे तुभ्यं नमः सर्वात्मने गुरो ॥ २५ ॥ नमस्ते सर्वलोकेश सर्वकर्त्रे नमो नमः ॥ नमः स्वभावशुद्धाय नमस्ते यज्ञसूकर ॥ २६ ॥ नमो विष्णो नमो विष्णो नमो विष्णो नमो हरे ॥ नमस्ते वासुदेवाय वासुदेवाय धीमते ॥ २७ ॥ नमः कृष्णाय कृष्णाय सर्वावास नमो नमः ॥ नमो भूयो नमस्तेऽस्तु पाहि लोकाञ्जनार्दन ॥ २८ ॥ इति स्तुत्वा जगन्नाथमुवाच मुनिसत्तमान् ॥ इमं स्तोत्रमधीयाना नित्यं व्रजत केशवम् ॥ २९ ॥ शरण्यं सर्वभूतानां तत्र श्रेयो विधास्यति ॥ ये चेमं धारयिष्यंति स्तवं पापविमोचनम् ॥ ३० ॥ तेषां प्रीतः प्रसन्नात्मा पठतां शृण्वतां हरिः ॥ श्रेयो दास्यति धर्मात्मा नात्र कार्या विचारणा ॥ ३१ ॥ अवश्यं मनसा ध्यात केशवं भक्तवत्सलम् ॥ श्रेयः प्राप्तुं यदीच्छन्ति भवन्तः शंसितव्रताः ॥ ३२ ॥ इत्युक्त्वा भगवान्रुद्रस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ सगणः शंकरः साक्षादुमया भूतभावनः ॥ ३३ ॥ नेमुस्तं मुनयः सर्वे परां निर्वृतिमाययुः ॥ तमेव परमं तत्त्वं मत्वा नारायणं हरिम् ॥ विस्मयं परमं गत्वा मेनिरे स्वकृतार्थताम् ॥ ३४ ॥ लोकपालास्तदा विष्णुं नमस्कृत्य हरिं तदा ॥ जग्मुः स्वान्यथ वेश्मानि गणैः सर्वैर्नृपोत्तम ॥ ३५ ॥ आरुह्य भग-

करनेपर वे शरणागतपालक विष्णुभगवान आप लोगोंका कल्याण करेंगे। जो लोग इस पापनाशक स्तोत्रको हृदयंगम करेंगे, इस स्तोत्रका पठन तथा श्रवण करनेवाले प्राणियोंपर प्रसन्न होकर भगवान उनका सब तरहसे कल्याण करेंगे। इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ३० ॥ ३१ ॥ हे मुनिगण! यदि आप लोग अपना मङ्गल चाहते हों तो भक्तवत्सल विष्णुभगवान-का सदा ध्यान करिए ॥ ३२ ॥ भूतभावन शंकरभगवान ऐसा कहकर पार्वतीजी तथा अपने गणोंके साथ वहाँ ही अन्तर्धान हो गये ॥ ३३ ॥ तदनन्तर मुनियोंने उन विष्णुभगवानको परमतत्त्व समझकर प्रणाम किया और शान्ति प्राप्त की। श्रीहरि और हरकी यह लीला देखकर उन मुनियोंको बहुत आश्चर्य हुआ और उन्होंने अपनेको कृतार्थ माना ॥ ३४ ॥ हे महा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राज ! तत्पश्चात् लोकपालोंने भगवान विष्णुको प्रणाम किया और गणोंके साथ अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ ३५ ॥ इधर शंख, चक्र, गदा, शार्ङ्गधनुष, तरकस तथा कवचधारी भगवान विष्णु पक्षिराज गरुड़पर सवार होकर सायंकालके समय मुनिजननिषेवित बदरीवनको लौट आये ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ वहाँ गरुड़से उतरकर वे सुखपूर्वक आसनपर आसीन हुए और चारों ओरसे एकत्रित मुनिगण उनकी पूजा करने लगे ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकनवतितमोऽध्यायः ॥ ९१ ॥

(पौण्ड्रककी उक्तियाँ) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उसी समय नृपोत्तम, बलवान्, वीर्यवान् और योद्धा पौंड्रक यादवों तथा भगवान कृष्णका विद्वेषी हो उठा । एक दिन उसने अपनी राजसभामें बहुतेरे राजाओंको बुलाकर कहा—॥१॥२॥ मैंने समस्त पृथिवी जीत ली है । इस समय सभी राजे हमारे अधीन हैं । एकमात्र वृष्णिवंशी यादव कृष्णकी सहायतासे

वान्विष्णुर्गरुडं पक्षिपुङ्गवम् ॥ शङ्खी चक्री गदी खड्गी शार्ङ्गी तूणी तनुत्रवान् ॥ ३६ ॥ यथागतं जगन्नाथो ययौ बदरिकामनु ॥ सायाह्ने पुण्डरीकाक्षो नित्यं मुनिनिषेविताम् ॥ ३७ ॥ तत्र गत्वा यथायोगं विनम्य हरिरीश्वरः ॥ अर्चितो मुनिभिः सर्वैर्निषसाद सुखासने ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां घण्टाकर्णस्तुतिर्नामैकनवतितमोऽध्यायः ॥ ९१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नेव काले तु पौण्ड्रो नृपवरोत्तमः ॥ बलवान्सत्त्वसंपन्नो योद्धा विपुलविक्रमः ॥ १ ॥ वृष्णिशत्रुस्तदा राजा कृष्णद्वेषी बलात्तदा ॥ नृपान्सर्वान्समाहूय प्रोवाच नृपसंसदि ॥ २ ॥ जिता च पृथिवी सर्वा जिताश्च नृपसत्तमाः ॥ वृष्णयस्ते बलोन्मत्ताः कृष्णमाश्रित्य गर्विताः ॥ ३ ॥ दास्यन्ति मे करं सर्वे न हि ते कृष्णसंश्रयात् ॥ स तु कृष्णश्चक्रबलान्मामवज्ञाय तिष्ठति ॥ ४ ॥ अहं चक्रीति गर्वोऽभूत्तस्य गोपस्य सर्वदा ॥ शङ्खी चक्री गदी शार्ङ्गी शरी तूणी सहायवान् ॥ ५ ॥ एवमादिर्महागर्वस्तस्य संप्रति वर्त्तते ॥ लोके च मम यन्नाम वासुदेवेति विश्रुतम् ॥ ६ ॥ अगृह्णान्मम तन्नाम गोपो मदबलान्वितः ॥ तस्य चक्रस्य यच्चक्रं ममापि निशितं महत् ॥ ७ ॥ गर्वं हन्तुं सदा तस्य नाम्ना चापि सुदर्शनम् ॥ सहस्रारं महाघोरं तस्य चक्रस्य नाशनम् ॥ ८ ॥ अनेकमहतं चक्रं गोपजस्य नृपोत्तमाः ॥ ममाप्येतद्धनुर्दिव्यं शार्ङ्गं नाम महारवम् ॥ ९ ॥ गदा कौमोदकी नाम ममेयं बृहती दृढा ॥ कालायससहस्रस्य भारेण सुकृता मया ॥ १० ॥ खड्गो नन्दक-

जो अत्यधिक अभिमानी हो उठे हैं ॥३॥ उन्हें छोड़कर बाकी सब राजे मेरा सम्मान करते हैं और मुझे ही कर देते हैं । अकेला कृष्ण अपने चक्रके बलपर नितान्त उन्मत्त होकर मेरी अवज्ञा करता है ॥ ४ ॥ उसे इस बातका गर्व है कि मैं ही शंख-चक्र-गदाधर और मैं ही शार्ङ्गधनुर्धर हूँ । मेरे सदृश संघटनकर्ता एवं बाण तथा तूणीरधारी और कोई नहीं है ॥ ५ ॥ इन बातोंको सोचकर वह मदान्ध हो गया है । संसारमें मेरा जो वासुदेव नाम विख्यात है, सो उस गोपबालकने भी अत्यधिक गर्वित होकर अपना वासुदेव नाम रख लिया है । किन्तु उसके चक्रसे मेरा सहस्रधार चक्र विशेष तीक्ष्ण है । उसीके द्वारा मैं उस बनावटी वासुदेवके सुदर्शन चक्रका गर्व खर्व कर दूँगा ॥ ६–८ ॥ हे भूपालगण ! मेरे पास भी शार्ङ्ग नामका घोर शब्द करनेवाला यह महान् धनुष विद्यमान है । मेरे पास भी कौमोदकी नामकी अति सुदृढ़ तथा सहस्र भारकी लौहमयी गदा है ॥ ९ ॥ १० ॥ मैं भी नन्दक नामका अति सुदृढ़ खड्ग धारण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करता हूँ। इस खड्गके प्रहारसे मैं उसके खड्गको काटकर सौ टुकड़े कर सकता हूँ। क्योंकि यह खड्ग कालका भी काल है ॥ ११ ॥ उसके समान ही मेरे पास भी शङ्ख, चक्र, गदा, खड्ग और शार्ङ्ग धनुष विद्यमान है। अतएव मैं युद्धभूमिमें उसे अवश्य मारूँगा। इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ १२ ॥ हे नृपवृन्द! अबसे आप सब लोग मुझे शङ्ख-चक्र-गदाधर वासुदेव कहा करें। इस बातका सदा ध्यान रक्खें कि मैं यदुकुलमें उत्पन्न गोपबालक नहीं हूँ। इस संसारमें अकेला मैं ही वासुदेव हूँ। मैं अपने प्रिय मित्र नरकासुरका अचानक बध करनेवाले उस ग्वाले छोकरेको मारूंगा। मेरे आदेशानुसार आपलोग यदि मुझे वासुदेव कहकर न बुलायेंगे जो मैं आप सबसे दण्डस्वरूप सुवर्ण, सुवर्णके सिक्के तथा प्रचुर मात्रामें अन्न वसूल करूंगा। हे महाराज! राजेन्द्र पौण्ड्रके ये असङ्गत तथा सोचनेपर भी मनमें दुःसह पीडा उत्पन्न करनेवाले वचन सुनकर भगवान कृष्णके पराक्रमसे परिचित कुछ राजे लज्जासे नत-मस्तक हो गये ॥ १३–१७ ॥ अन्यान्य राजाओंने 'ऐसा ही होगा' यह कहकर उत्तर दिया। कुछ राजे तो अपने बलमदसे अत्यन्त उन्मत्त होकर 'हम युद्धमें कृष्णको पछाड़ेंगे' ऐसा कहते

नामाऽसौ ममायं विपुलो दृढः ॥ अन्तकस्यान्तको घोरस्तस्य खड्गस्य नाशकः ॥ ११ ॥ तत्रायं च गदी खड्गी शंखी चक्री तनुत्रवान् ॥ युधि जेता च कृष्णस्य नात्र कार्या विचारणा ॥ १२ ॥ मां संब्रूत नृपाश्चैव गदिनं चक्रिणं तथा ॥ शंखिनं शार्ङ्गिणं वीरं ब्रूत नित्यं नृपोत्तमाः ॥ १३ ॥ वासुदेवेति मां ब्रूत न तु गोपं यदूत्तमम् ॥ एकोऽहं वासुदेवो हि हत्वा तं गोपदारकम् ॥ १४ ॥ सख्युर्मम बलाद्धन्ता नरकस्य महात्मनः ॥ मां तथा यदि न ब्रूत दण्ड्या भारशतैः शतम् ॥ १५ ॥ सुवर्णस्य च निष्कस्य ग्रहीष्ये बहुशस्तदा ॥ तथा ब्रुवति राजेन्द्रे मनसा दुःसहं यथा ॥ १६ ॥ केचिल्लज्जासमायुक्ता आसंस्ते बलवत्तराः ॥ रसज्ञा बलवीर्यस्य राजानस्ते सदा नृप ॥ १७ ॥ अपरे तु नृपा राजन्नेवमेवेति चुक्रुशुः ॥ अन्ये बलमदोत्सिक्ता जेष्यामः केशवं रणे ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकोक्तौ द्विनवतितमोऽध्यायः ॥ ९२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः कैलासशिखरान्निर्गतो मुनिसत्तमः ॥ नारदः सर्वलोकज्ञः पौण्ड्रस्य नगरं प्रति ॥ १ ॥ अवतीर्य नभोभागात्प्रत्यागम्य नरोत्तमम् ॥ द्वाःस्थेन च समाज्ञप्तः प्रविवेश गृहोत्तमम् ॥ २ ॥ अर्घ्यादिसमुदाचारं नृपाल्लब्ध्वा महामुनिः ॥ निषसादासने शुभ्रे ह्यास्तृते शुभ्रवाससा ॥ ३ ॥ कुशलं पृष्टवान्भूयो नृपः स मुनिसत्तमम् ॥ उवाच नारदं भूयः पौण्ड्रको बलगर्वितः ॥ ४ ॥ भवान्सर्वत्र कुशलः सर्वकार्येषु पण्डितः ॥ प्रथितो देवसिद्धेषु

हुए जोर-जोरसे चिल्लाने लगे ॥ १८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्विनवतितमोऽध्यायः ॥ ९२ ॥

(पौण्ड्र-नारदसंवाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसी समय लोकतत्त्वज्ञ मुनिवर नारद कैलास पर्वतसे प्रस्थान करके राजा पौण्ड्रके नगरकी ओर चल पड़े। वहाँ पहुँचकर वे आकाशमार्गसे नीचे उतरे। तदनन्तर राजद्वारपर पहुँच तथा द्वारपालकी अनुमति प्राप्त करके राजसभामें जा उपस्थित हुए ॥ १ ॥ २ ॥ वहाँ पहुँचते ही राजाने अर्घ्य-पाद्य आदिके द्वारा उनका सत्कार किया और महामुनि नारद उज्ज्वल वस्त्र बिछे हुए एक आसनपर विराजमान हो गये ॥ ३ ॥ इसके बाद राजा पौण्ड्रकने मुनिसत्तम नारदजीसे कुशल समाचार पूछा। तदनन्तर बलगर्वित उस राजाने उनको सम्बोधित करके कहा—हे विप्रेन्द्र! आप सभी कार्यों और सभी विषयोंके अभिज्ञ हैं। सभी महात्माओं, देवताओं, सिद्धों और गन्धर्वोंमें आप

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लब्धप्रतिष्ठ हैं ॥ ४ ॥ ५ ॥ आप सर्वत्र अबाधरूपसे जाते हैं। ब्रह्माण्डमें कोई भी ऐसी जगह नहीं है कि जहाँ आप न जा सकें ॥ ६ ॥ अतएव कृपया अब यह बताइए कि आप जहाँ-जहाँ गये, वहाँ-वहाँके लोग मुझे तपःसिद्ध लोकविख्यात वासुदेव मानते हैं न ? ॥ ७ ॥ क्या मैं शंख, चक्र, गदा, शार्ङ्ग, तूणीर और कवचधारी नहीं हूँ ? क्या मैंने जगतीतलके सब राजाओंको पराजित नहीं कर दिया है ? क्या मैं सर्वदा प्रचुर दान नहीं देता ? ॥ ८ ॥ मैं समस्त राज्योंका भोक्ता, शासक और सबसे प्रबल राजा हूँ। मैं शत्रुसेना द्वारा अजेय और स्वजनोंका रक्षक हूँ ॥९॥ वह गोपबालक कृष्ण जो मेरा नाम चुराकर अपनेको वासुदेव कहता है, उसमें बल-वीर्य कुछ भी नहीं है ॥१०॥ वह ग्वाला लड़कपनके कारण व्यर्थ मेरा नाम धारण किये हुए है। आप यह निश्चितरूपसे जान लें कि मेरे सिवाय और कोई भी वासुदेव इस संसारमें नहीं है ॥ ११ ॥ मैं अपने पराक्रमसे बलवान् यदुवंशियों तथा वृष्णियोंको

गन्धर्वेषु महात्मसु ॥५॥ सर्वत्रगो निराबाधो गत्वा सर्वत्र सर्वदा ॥ अगम्यं तव विप्रेन्द्र ब्रह्माण्डे न हि किञ्चन ॥६॥ नारदेदं वद त्वं हि यत्र यत्र गतो भवान् ॥ तत्र तत्र तपःसिद्धो लोके प्रथितवीर्यवान् ॥ पौण्ड्र एव च विख्यातो वासुदेवेति शब्दितः ॥७॥ शङ्खी चक्री गदी शार्ङ्गी खड्गी तूणी तनुत्रवान् ॥ विजेता राजसिंहानां दाता सर्वस्य सर्वदा ॥ ८ ॥ भोक्ता राज्यस्य सर्वस्य शास्ता राजा बलाद्बली ॥ अजेयः शत्रुसैन्यानां रक्षिता स्वजनस्य ह ॥ ९ ॥ योऽद्य गोपकनामाऽसौ वासुदेवेति शब्दितः ॥ तस्य वीर्यबले न स्तो नाम्नोऽस्य मम धारणे ॥ १० ॥ स हि गोपो वृथा बाल्याद्धारयत्येव नाम मे ॥ इदं निश्चिनु विप्रेन्द्र एक एव भवाम्यहम् ॥ ११ ॥ वासुदेवो जगत्यस्मिन्निर्जित्य बलिनं यदुम् ॥ वृष्णीन्सर्वान्बलाक्षिप्त्वा निहनिष्ये च तां पुरीम् ॥ १२ ॥ द्वारकां विष्णुनिलयां योद्धा चाहं महामते ॥ एते च बलिनः सर्वे नृपा मम समागताः ॥ १३ ॥ अश्वाश्च वेगिनः सन्ति रथा वायुजवा मम ॥ उष्ट्रा मत्ताः सहस्रं च गजा नियुतमेव च ॥ १४ ॥ एतेनाहं बलेनाजौ हनिष्ये केशवं रणे ॥ तस्मादेवं सदा विप्र वद ब्रह्मन्पुरे मम ॥ १५ ॥ इन्द्रस्यापि सदा विप्र वद नारद साम्प्रतम् ॥ प्रार्थनैषा मम विभो नमस्ये त्वां तपोधन ॥ १६ ॥ नारद उवाच ॥ सर्वत्रगः सदा चास्मि यावद्ब्रह्माण्डसंस्थितिः ॥ आचार्यः सर्वकार्येषु गमने केनचिन्नृप ॥ १७ ॥ किन्तु वक्तुं तथा राजन्नुत्सहे नृपसत्तम ॥ महीं शासति देवेशे चक्रपाणौ जनार्दने ॥ १८ ॥ विष्णौ सर्वत्रगे देवे दुष्टान्हत्वा सबान्धवान् ॥ वासुदेवेति को नाम तिष्ठत्य-

उद्वासित करके द्वारकापुरीको ध्वस्त कर दूँगा ॥ १२ ॥ हे महामते ! ये सब राजे यहाँ इसी कामसे आये हुए हैं। मेरे पास वेगवान् घोड़े, वायुसदृश द्रुतगामी रथ, एक हजार ऊँट और दस हजार मतवाले हाथी नित्य तैयार रहते हैं ॥ १३ ॥ १४ ॥ मैं इस विशाल सेनाकी सहायतासे रणमें अनायास उस नकली वासुदेवको मार डालूँगा। अतएव हे तपोधन ! अभी आप मेरा अभिप्राय मेरे नागरिकों तथा देवराज इन्द्रकी अमरावतीपुरीके निवासियोंको बता दीजिए। मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ १५ ॥ १६ ॥ नारद बोले—हे राजन् ! यह ब्रह्माण्ड जहाँतक फैला हुआ है, मैं वहाँतक जा सकता हूँ। कहीं किसी भी कार्यके लिए जाते समय कोई भी मेरा मार्गावरोध नहीं कर सकता ॥ १७ ॥ फिर भी कहनेका साहस तो नहीं होता, किन्तु मुझे ऐसा लगता है कि जब स्वयं चक्रपाणि वासुदेव भगवान बन्धु-बान्धवों समेत दुष्टोंका दमन करके राज्यशासन कर रहे हैं, तब दूसरा कौन पुरुष अपनेको उनके समकक्ष समझ-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर वासुदेव नाम धारण कर सकेगा ॥ १८ ॥ १९ ॥ भगवान वासुदेवके शासनकालमें कौन सहृदय व्यक्ति ऐसा करनेका साहस करेगा ? प्राकृत मनुष्य अज्ञानके वशीभूत होकर चाहे भले ही ऐसा अनर्गल प्रलाप कर ले ॥ २० ॥ क्योंकि भगवान अचिन्त्य पराक्रमी, शार्ङ्गधनुर्धारी, गदाधर, आदिदेव और पुण्यात्मा हैं । वे सर्वव्यापी वासुदेव तुम्हारा दर्प दूर करेंगे । तुम्हारे पास शार्ङ्गधनुष और खड्ग आदि शस्त्रास्त्र विद्यमान हैं, सो ठीक है । किन्तु उनके द्वारा तुम भगवान कृष्णके शस्त्रास्त्रोंका प्रतीकार नहीं कर सकोगे । मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि अब तुम उपहासास्पद बनना चाहते हो ॥ २१–२३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां त्रिनवतितमोऽध्यायः ॥ ९३ ॥

(पौण्ड्रकवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! बलमदगर्वित पौण्ड्र देवर्षि नारदके वचन सुनकर बोला—हे विप्रर्षे ! आप यह क्या कह रहे हैं ? मैं राजा हूँ और आप

स्मिन्हराविति ॥ १९ ॥ को नाम वक्तुमेवेदं कृष्णे शासति गोमती ॥ अज्ञानाद्वक्तुमेवं च समर्था प्राकृता जनाः ॥ २० ॥ हरिः सर्वत्रगो विष्णुर्दर्पं ते व्यपनेष्यति ॥ अचिन्त्यविभवो विष्णुः शार्ङ्गधन्वा गदाधरः ॥ २१ ॥ आदिदेवः पुराणात्मा दर्पं ते व्यपनेष्यति ॥ हास्यमेतन्महाराज यच्च वै तत्र संस्थितम् ॥ २२ ॥ शार्ङ्गं खड्गं तथा राजन्महाघोरं न दाप्यते ॥ अतीव हासकालोऽयं तव सम्प्रति वर्त्तते ॥ २३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकनारदसंवादे त्रिनवतितमोऽध्यायः ॥ ९३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः क्रुद्धो महाराज पौण्ड्रो मदबलान्वितः ॥ नारदं विप्रवर्यं तं प्रोवाच नृपसंसदि ॥ १ ॥ किमिदं प्राह विप्रर्षे राजाऽहं च द्विजैः सह ॥ गच्छ त्वं काममथ वा मुने शापप्रदः सदा ॥ २ ॥ भीतस्त्वत्तो महाबुद्धे गच्छ त्वं काममद्य हि ॥ इत्युक्तो नृपवर्येण तूष्णीमेव स नारदः ॥ ३ ॥ जगामाकाशगमनो यत्र तिष्ठति केशवः ॥ स गत्वा विष्णुसंकाशं विष्णोः सर्वं शशंस ह ॥ ४ ॥ तच्छ्रुत्वा भगवान्विष्णुर्यथेष्टं वदतामिति ॥ दर्पं तस्यापनेष्यामि श्वोभूते द्विजसत्तम ॥ ५ ॥ इत्युक्त्वा विररामैव तस्मिन्बदरिकाश्रमे ॥ ततः पौण्ड्रो महाबाहुर्बलैर्बहुभिरीश्वरः ॥ ६ ॥ अश्वैरनेकसाहस्रैर्गजैर्बहुभिरन्वितः ॥ शस्त्रकोटिसमायुक्तः स राजा सत्यसंगरः ॥ ७ ॥ अनेकशतसाहस्रैः पत्तिभिश्च समन्वितः ॥ एकलव्यप्रभृतिभी राजभिश्च समन्ततः ॥ ८ ॥ अष्टौ रथसहस्राणि नागानामयुतं तथा ॥ अर्बुदं पत्तिसंघानां तद्बलं समपद्यत ॥ ९ ॥ एतेन च

ब्राह्मण हैं । बादमें आप मुझे शाप दे देंगे । यही भय है । अच्छा, अब आप अपने अभिलषित स्थानको चले जाइए । पौण्ड्रकके ऐसा कहनेपर नारदजी चुपचाप आकाशमार्गसे भगवान कृष्णचन्द्रके यहाँ चल पड़े और बदरिकाश्रममें श्रीकृष्णके पास जाकर उन्होंने पौण्ड्रकका आद्योपान्त समस्त वृत्तान्त कह सुनाया ॥ १–४ ॥ यह समाचार सुनकर विष्णु भगवान बोले—हे देवर्षे ! इस समय आपकी जो इच्छा हो सो कहिए । किन्तु मैं कल ही उसका दर्प चूर्ण कर दूँगा ॥ ५ ॥ ऐसा कहकर वे चुप हो गये । इधर सत्यप्रतिज्ञ महाबाहु पौण्ड्र असंख्य हाथी, घोड़े, रथ एवं कई हज़ार पैदल सेनासे परिवृत होकर विविध शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित हो गया । एकलव्य प्रभृति राजे भी तैयार हो गये ॥ ६–८ ॥ उनके साथ आठ सहस्र रथ,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दस हजार हाथी और अर्बुदसं॰.क पैदल सैनिक सुसज्जित हो गये ॥ ९ ॥ नरपति पौण्ड्र इन समस्त सेनाओंसे परिवेष्टित होकर उदयोन्मुख सूर्य भगवानके समान शोभित हुआ ॥ १० ॥ अर्धरात्रिके समय वह द्वारकाकी ओर चल पड़ा। रात्रिके कारण उस समय सर्वत्र घोर अन्धकार छाया हुआ था। अतएव उसके सभी सैनिक हाथमें मशाल ले-लेकर चल रहे थे ॥ ११ ॥ विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित महाबली योद्धा वीरोंसे भरी होनेसे भयानक द्वारकापुरीकी ओर वे बढ़े। १२ ॥ रथी उन्नत रथोंपर सवार होकर चले। उनके रथपर पट्टिश, असि, गदा, परिघ, शक्ति, तोमर, धनुष, बाण, प्रासप्रभृति अगणित शस्त्रास्त्र रक्खे हुए थे। उनके चारों ओर ध्वजा-पताकायें फहरा रही थीं और उनमें बँधी घंटियोंका शब्द सुनायी दे रहा था ॥ १३ ॥ १४ ॥ उस सैन्यसमूहको देखकर ऐसा लगता था कि मानो सहसा प्रलयकालके मेघ घिर आये हों। सैनिकोंके धनुष-गदा आदि शस्त्र किसी बहुत बड़े बाजे जैसे दीख रहे थे ॥ १५ ॥ हे महाराज! उस समय ऐसा ज्ञात होता था कि मानों चारों ओर आग धधक रही है अथवा भगवान सूर्य उदित हो गये हैं। परम बलवान् और

बलेनाजौ प्रस्फुरन्नृपसत्तमः ॥ विरराज महाराज उदयस्थो महारविः ॥ १० ॥ स ययौ मध्यरात्रेण नगरीं द्वारकामनु ॥ पत्तयो दीपिकाहस्ता
रात्रौ तमसि दारुणे ॥ ११ ॥ ययुर्विविधशस्त्रौघा संपतन्तो महाबलाः ॥ द्वारकां वीर्यसम्पन्नां महाघोरां नृपोत्तमाः ॥ १२ ॥ रथं महान्तमारुह्य
शस्त्रौघैश्च समावृतम् ॥ पट्टिशासिसमाकीर्णं गदापरिघसंकुलम् ॥ १३ ॥ शक्तितोमरसंकीर्णं ध्वजमालासमाचितम् ॥ किङ्किणीजालसंयुक्तं शरासि-
प्राससंयुतम् ॥ १४ ॥ महाघोरं महारौद्रं युगान्तजलदोपमम् ॥ धनुर्गदासमाकीर्णं महावाद्योपमं महत् ॥ १५ ॥ अग्न्यर्कसदृशाकारं ययौ द्वारवती-
मनु ॥ गृहीतदीपिको राजा वीर्यवान्बलवान्नृप ॥ १६ ॥ हन्तुमैच्छज्जगन्नाथं वृष्णींश्चैव समन्ततः ॥ आकर्षन्बलमुख्यांस्तान्राज्ञः सर्वान्महाद्युतिः
॥ १७ ॥ पुरद्वारं समासाद्य बलं संस्थाप्य यत्नतः ॥ इदं प्रोवाच राजा तु नृपान्सर्वानवस्थितान् ॥ १८ ॥ ताड्यतामत्र भेरी तु नाम विश्राव्य
मामकम् ॥ युध्यतां युध्यतामत्र देयं वा प्रतिदीयताम् ॥ १९ ॥ आगतः पौण्ड्रको राजा युद्धार्थी वीरवत्तरः ॥ हन्तुकामः समग्रान्वः कृष्णबाहु-
बलाश्रयान् ॥२०॥ इति ते प्रेषिताः सर्वे समीयुः सूचकान्बहून् ॥ दीपिकाश्च प्रदीप्यन्ते बह्वयः शतसहस्रशः ॥२१॥ इतश्चेतश्च राजानो युध्यन्ते
युद्धलालसाः ॥ पुरीं ते पुरतस्तत्र क्षत्रियाः शस्त्रिणस्तथा ॥ २२ ॥ सिंहनादं प्रकुर्वन्तः शस्त्रधारासमाकुलाः ॥ कुतोऽयं वृष्णिप्रवरः कुतो राजा

असाधारण पराक्रमी राजा पौण्ड्र स्वयं भी हाथमें मशाल लिये जगत्पति कृष्ण तथा समस्त वृष्णिवंशियोंका विनाश करनेके विचारसे आगे बढ़ा चला जा रहा था। महातेजस्वी राजा पौण्ड्रके पीछे-पीछे उसके वशवर्ती राजाओंकी विशाल वाहिनी चल रही थी ॥ १६ ॥ १७ ॥ द्वारकाके द्वारपर पहुँच तथा सेनाका शिविर यथास्थान स्थापित करके उपस्थित राजाओंको सम्बोधित करके पौण्ड्रने कहा—॥१८॥ हे भूपालगण! अब आपलोग मेरा नामोल्लेख करते हुए डुग्गी पिटवाकर घोषणा कर दें कि बलवान् राजा पौण्ड्रक कृष्णबलके आश्रित द्वारका-वासियोंका संहार करनेके लिए यहाँ आ गये हैं ॥ १९ ॥ २०. ॥ अब तुमलोग युद्ध करो, नहीं तो राज्य त्याग दो। पौण्ड्रकका यह आदेश पाते ही वे राजे यादवोंको सूचना देनेके लिए अग्रसर हुए। हजारों मशालें प्रज्वलित हो रही थीं ॥ २१ ॥ उसी समय वे राजे शस्त्रास्त्र लेकर नगरद्वारपर जा पहुँचे और सिंहनाद करके कहने लगे—"इस समय जगत्पति वृष्णि-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रवर सात्यकि, हार्दिक्य और यादवसत्तम बलराम कहाँ हैं ? वे यहाँ आयें और युद्ध करें ।" ऐसा कहकर शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित वे राजे युद्धको अभिलाषासे नगरद्वारपर भ्रमण करने लगे ॥ २२– ५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्नवतितमोऽध्यायः ॥ ९४ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उस अर्धरात्रिके समय यादवगण प्रबल आँधीसे क्षुब्ध प्रलयकालीन समुद्रके समान शस्त्रास्त्रसंकुल उस सैन्यसमूहको देखकर बहुत असमंजसमें पड़ गये । तत्काल चारों ओर दीपक जलने लगे । कुछ ही क्षणोंमें शस्त्रयोधी सभी यादव युद्धके लिए तैयार हो गये । सात्यकि, बलभद्र, हार्दिक्य, निशठ, महाबुद्धि, महाबली और परम पराक्रमी

जगत्पतिः ॥ २३ ॥ कुतोऽयं सात्यकिर्वीरः कुतो हार्दिक्य एव च ॥ कुतो न बलभद्रश्च सर्वयादवसत्तमः ॥ इत्येवं कथयन्तो वै राजानः सर्व एव ते ॥ २४ ॥ आदाय शस्त्राणि बहूनि सर्वतः शरांश्च चापानि बहूनि सर्वे ॥ युद्धाय सन्नाहनिबद्धशो पर्युहरेः पुरीं द्वारवतीं नृपोत्तमाः ॥ २५ ॥

इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां कृष्णतपोवर्णनं नाम चतुर्नवतितमोऽध्यायः ॥ ९४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततश्च यादवाः सर्वे दृष्ट्वा सैनिकसंचयम् ॥ रात्रौ च व्यसनं प्राप्तं महाशस्त्रसमाकुलम् ॥ १ ॥ महावातसमुद्भूतं कल्पान्ते समरोपमम् ॥ सन्नद्धाः समपद्यन्त शस्त्रिणो युद्धलालसाः ॥ २ ॥ गृहीतदीपिकाः सर्वे यादवाः शस्त्रयोधिनः ॥ सात्यकिर्बलभद्रश्च हार्दिक्यो निशठस्तथा ॥ ३ ॥ उद्धवोऽथ महाबुद्धिरुग्रसेनो महाबलः ॥ अन्ये च यादवाः सर्वे कवचप्रग्रहे रताः ॥ ४ ॥ समस्तयुद्धकुशला रात्रौ सन्नाहयोधिनः ॥ शस्त्रिणः खड्गिनश्चैव सर्वे शस्त्रसमाकुलाः ॥ ५ ॥ युद्धाय समपद्यन्त बहवो बाहुशालिनः ॥ रथिनो गदिनश्चैव सादिनः सायुधास्तथा ॥ ६ ॥ नित्ययुक्ता महात्मानो धन्विनः पुरुषोत्तमाः ॥ निर्ययुर्नगरात्तूर्णं दीपिकाभिः समन्ततः ॥ ७ ॥ कुतः पौण्ड्रक इत्येवं वदन्तः सर्वसात्वताः ॥ दीपिकादीपितो देशो निस्तमः समपद्यत ॥ ८ ॥ ततो वितिमिरो देशः समन्तात्प्रत्यपद्यत ॥ युद्धं समभवद्घोरं वृष्णिभिः शत्रुभिः सह ॥ ९ ॥ ततो महान्समभवत्सन्नादो रोमहर्षणः ॥ हया हयैः समायुक्ता गजाश्च गजयूथपैः ॥ १० ॥ रथा रथैः समायुक्ता सादिभिः सादिनस्तथा ॥ खड्गिनः खड्गिभिः सार्द्धं गदिभिर्गदिनस्तथा ॥ ११ ॥ परस्परव्यतिकरो रण आसीत्सुदारुणः ॥ महाप्रलयसंक्षोभः शब्दस्तेषां

उद्धव एवं युद्धनिपुण अन्यान्य यादव भी सुसज्जित हो गये ॥ १–४ ॥ वे सब खड्ग आदि विविध शस्त्रास्त्र ले लेकर युद्धके लिए तैयार हो गये । सब प्रकारके युद्धमें निपुण बहुतेरे यादव तरह तरहके शस्त्रसे सुसज्जित सादी, निषादी और रथी आदि श्रेष्ठ धनुर्धरगण हाथमें मशाल लिये हुए युद्धके निमित्त नगरसे बाहर निकल आये और "पौण्ड्र कहाँ है" यह कहते हुए चारों ओर दौड़ने लगे । दीपकमालाके प्रकाशसे अन्धकार दूर हो गया था ॥५–८॥ उसके बाद चारों ओर शत्रुओंके साथ यादवोंका भीषण युद्ध होने लगा । वीरोंके लोमहर्षक तथा विकराल सिंहनादसे सभी दिशायें गूँज उठीं । घोड़ों, हाथियों, रथों, खड्गों तथा गदाओं द्वारा उनमें भयानक युद्ध होने लगा । परस्पर एक दूसरेका प्रतीकार करते हुए दोनों पक्षके वीर बड़े उत्साहसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लड़ रहे थे। उनके समरकालीन घोर निनादको सुनकर ऐसा लगता था कि मानो प्रलयकालका महान् निनाद सुनायी दे रहा हो ॥ ९-१२ ॥ वे कह रहे थे—यह देखो, वे लोग बड़े वेगसे आकर हमपर प्रहार कर रहे हैं। वह वीर राजाओंको बुरी तरह मार रहा है। यह खड्गधारी योद्धा खड्ग तानकर इधर ही दौड़ा आ रहा है ॥ १३ ॥ इसकी बड़ी भयानक और दारुण गदा है। इस गदाधारीकी गदाके प्रहारसे हम बहुत दुखी हुए ॥१४॥ यह रथी, यह बाणयोधी, यह धनुर्धारी, यह गदावान्, यह तरकसधारी, यह कवचसज्ज और यह पट्टिश-धारी हाथमें भाला लिये हुए इधर-उधर चक्कर काट रहा है ॥ १५ ॥ यह महाशूली शूल लेकर चारों ओर निहार रहा है। बड़े-बड़े दाँतोंवाला वह हाथी सब ओर समानरूपसे प्रहार कर रहा है ॥ १६ ॥ वह वीर वायुसदृश वेगसे दौड़ता हुआ बाणोंको बाणसे और दण्डप्रहारसे दण्डको किस प्रकार ध्वस्त कर रहा है ॥ १७ ॥ वे वीर कुन्त (भाले) के प्रहारसे कुन्तोंको, गदासे गदाको, परिघसे परिघको और शूलसे शूलको काटने लगे ॥ १८ ॥ हे महाराज ! इस प्रकार उत्तम रीतिसे लड़ते हुए उन वीरोंमें भयानक संग्राम होने लगा और भीषण कोलाहल

महात्मनाम् ॥ १२ ॥ धावन्तः प्रहरन्त्येतान्हन्त्येतान्सर्वतो नृपान् ॥ अयमेष महाबाहुः खड्गी पतति वीर्यवान् ॥ १३ ॥ अयमेष शरो घोरो वर्ततेऽ-
तिसुदारुणः ॥ गदी चायं महावीर्यः सर्वान्नो बाधते नृपः ॥ १४ ॥ अयं रथी शरी चापी गदी तूणी तनुत्रवान् ॥ यादृशः सर्वतो याति कुन्त-
पाणिरयं बली ॥ १५ ॥ अयमत्र महाशूली संश्रितः सर्वतो दिशम् ॥ गजोऽयं सविषाणाग्रो वर्तते सर्वतः प्रति ॥ १६ ॥ अतिसर्वत्रगः शूरो वेग-
वान्वातसन्निभः ॥ शराञ्छरैः समाहन्ति दण्डान्दण्डैर्जगत्पते ॥ १७ ॥ कुन्तान्कुन्तैः समाजघ्नुर्गदाभिश्च गदास्तथा ॥ परिघान्परिघैः सार्द्धं
शूलाञ्छूलैः समन्ततः ॥ १८ ॥ एवं तेषां महाराज कुर्वतां रणमुत्तमम् ॥ संग्रामः सुमहानासीच्छब्दश्चापि महानभूत् ॥१९॥ भूतानि सुबहून्याजौ
शब्दवन्ति महान्ति च ॥ प्रादुरासन्सहस्राणि शङ्खानां भीमनिःस्वनः ॥ २० ॥ रात्रौ प्रादुरभूच्छब्दः संग्रामे रोमहर्षणः ॥ वर्तमाने महायुद्धे
वृष्णीनां चैव तैः सह ॥ २१ ॥ केचिद्ग्रस्ताः समापेतुः पृथिव्यां पृथिवीक्षितः ॥ केचित्पतितश्लिष्टाश्च विप्रकीर्णशिरोधराः ॥ २२ ॥ पेतुरुर्व्यां महा-
वीर्या राजानः शस्त्रपाणयः ॥ केचित्तु भिन्नवर्माणः समापेतुः सहस्रधा ॥ २३ ॥ परस्परं समाश्रित्य परस्परवधैषिणः ॥ न्यस्तशस्त्रा महात्मनः
समन्तात्क्षतविग्रहाः ॥ २४ ॥ पेतुर्गतासवः केचिद्यमराष्ट्रविवर्धनाः ॥ एवं ते निहता राजन्योधितः सर्व एव तु ॥ २५ ॥ एतस्मिन्नन्तरे शूर एक-

सब दिशाओंमें व्याप्त हो गया ॥ १९ ॥ उस समय कितने ही हजार विकटाकार भूतगण शस्त्र धारण करके घोरतर शब्द करते हुए वहाँ आ पहुँचे। उस विकराल रात्रिके समय रणभूमिमें शंखोंका भयंकर शब्द गूँज रहा था ॥ २० ॥ २१ ॥ कितने हो राजे मरकर धराशायी हो गये। कुछ छितराये केशोंवाले राजे युद्धभूमिमें गिरकर पहले ही से गिरे हुए वीरोंके शरीरसे लिपट गये ॥ २२ ॥ कुछ वीर शस्त्रास्त्र लिये हुए ही धरतीपर गिर गये। कितने ही कवचधारी योधा कवच छिन्न-भिन्न हो जानेके कारण मरकर जमीनपर गिर पड़े ॥ २३ ॥ इस प्रकार उस तुमुल युद्धमें परस्पर एक दूसरेके वधकी कामनासे शस्त्रप्रहार करनेके कारण किसीका शरीर बेदाग नहीं बचा ॥२४॥ द्वारकापुरीकी श्रीवृद्धि करनेवाले कितने ही वीर गिरकर मर गये। हे महाराज ! विशेषता यह थी कि उन सबकी मृत्यु वीरताके साथ लड़कर ही हुई थी ॥ २५ ॥ उसी समय कालान्तक सदृश भयानक निषादपति एकलव्य एक विकराल धनुष

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धारण करके अपने मर्मभेदी तथा तीक्ष्ण कई हजार बाणोंकी वर्षा करता हुआ यादवसेनाका मर्दन करने लगा। उसने सभी शस्त्रधारी बलवान् क्षत्रियोंको त्रस्त कर दिया ॥ २६–२८ ॥ तदनन्तर उसने अपने पच्चीस नतपर्व बाणोंसे निशठको, दस बाणोंसे सारणको और पाँच बाणोंसे हार्दिक्यको घायल कर डाला ॥ २९ ॥ उसने नब्बे बाणोंसे उग्रसेनको, सात बाणोंसे वसुदेवको, दस बाणोंसे उद्धवको और पाँच बाणोंसे अक्रूरको बींध दिया ॥ ३० ॥ इस प्रकार एक-एक करके उसने अपने तीक्ष्ण बाणोंसे सभी यादवोंको धराशायी करके यादवी सेनाको मार भगाया। तत्पश्चात् बड़े जोरसे ललकारता हुआ बोला—"बड़े-बड़े यादव वीरोंको परास्त करनेवाला मैं एकलव्य हूँ। अब महाबली और परमपराक्रमी सात्यकि तथा बलमदमत्त गदाधारी बलराम मुझसे बचकर कहाँ जायगा।" ऐसा कहकर वह इस प्रकार सिंहनाद करने लगा कि उसका शब्द सुनकर जैसे सिंह भी विस्मित हो उठे हों ॥ ३१–३६ ॥ इति

लव्यो निषादपः ॥ धनुर्गृह्य महाघोरं कालान्तकयमोपमः ॥ २६ ॥ शरैरनेकसाहस्रैरर्दयामास यादवान् ॥ परं शतैः शराणां तु निशितैर्मर्मभेदिभिः ॥ २७ ॥ वृष्णीनां च बलं सर्वं पोथयामास सर्वतः ॥ युद्धयतः शस्त्रपाणींश्च क्षत्रियान्वीर्यवत्तरान् ॥ २८ ॥ निशठं पञ्चविंशत्या शराणां नतपर्वणाम् ॥ सारणं दशभिर्विध्वा हार्दिक्यं पञ्चभिः शरैः ॥ २९ ॥ उग्रसेनं नवत्याशु वसुदेवं च सप्तभिः ॥ उद्धवं दशभिश्चैव ह्यक्रूरं पञ्चभिः शरैः ॥३०॥ एवमेकैकशः सर्वे निहता निशितैः शरैः ॥ विद्राव्य यादवीं सेनां नाम विश्राव्य वीर्यवान् ॥३१॥ एकलव्यो यदुवृषान्वीर्यवान्बलवानहम् ॥ इदानीं सात्यकिर्वीरः क्व यास्यति महाबलः ॥३२॥ मदमत्तो हली साक्षात्क्व यातीह गदाधरः ॥ इत्याह सिंहनादेन सिंहान्विस्मापयन्निव ॥३३॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकवधे रात्रियुद्धे पंचनवतितमोऽध्यायः ॥ ९५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ निवृत्तेष्वथ सैन्येषु वृष्णिवीरेषु चैव हि ॥ भीतेष्वथ महाराज हतेषु युधि सर्वतः ॥ १ ॥ दीपिकासु प्रशान्तासु निःशब्दे सति सर्वतः ॥ जितमित्येव यन्मत्वा वृष्णीनां बलमुत्तमम् ॥ २ ॥ ततः पौण्ड्रो महावीर्यो बभाषे सैनिकान्स्वकान् ॥ शीघ्रं गच्छत राजेन्द्राष्टङ्कैः कुन्तैः पुरीमिमाम् ॥ ३ ॥ कुठारैः कुन्तलैश्चैव पाषाणैः सर्वतो दिशम् ॥ कर्षणस्थैः सुपाषाणैः सर्वतो यात भूमिपाः ॥ ४ ॥ भिद्यन्तां प्राकारचयाः प्रासादाश्च समन्ततः ॥ गृह्यन्तां कन्यकाः सर्वा दास्यश्चैव समन्ततः ॥ ५ ॥ गृह्यन्तां वसुमुख्यानि धनानि सुबहून्यथ ॥ ते तथेति

श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चनवतितमोऽध्यायः ॥ ९५ ॥

(सात्यकि-पौण्ड्रकसंवाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! मरनेसे बची हुई यादवी सेना तथा वृष्णिवंशियोंके भाग जानेपर मशालोंका प्रकाश नहीं रहा। चारों ओर सन्नाटा छा गया। तब महाबली पौण्ड्रने सोचा कि मैंने वृष्णिसेनाको परास्त कर दिया। उसने अपने सैनिकोंको सम्बोधित करके कहा—"हे सामन्तगण! तुम लोग टंक (छेनी), कुन्त (भाला), कुठार, कुन्त, पाषाण तथा कर्षणीप्रभृति शस्त्रास्त्र लेकर एक साथ जाओ और द्वारकापुरीके सभी प्राकारों तथा अट्टालिकाओंको ढहा दो और पुरीके भीतर जाकर सभी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कन्याओं और दासियोंको पकड़ लो ॥ १–५ ॥ उसकी मुख्य-मुख्य सम्पत्तियों तथा उत्कृष्ट धनको हस्तगत कर लो ।" राजा पौण्ड्रका आदेश पाते ही सामन्तगण कुठारादि शस्त्रास्त्र लेकर नगरीमें घुस गये और वहाँ चारों ओर ऊँचे-ऊँचे प्राकारों तथा गगनचुम्बी प्रासादोंको ढहाने लगे ॥ ६ ॥ ७ ॥ चतुर्दिक् टंकोंके आघातसे बड़ा भयानक शब्द होने लगा। हे महाराज! पूर्वनिश्चित योजनाके अनुसार पूर्वी द्वारके प्रायः सभी प्रासाद ध्वस्त हो गये। उस भयानक कोलाहलको सुनकर वीर सात्यकि मारे क्रोधके बावला हो गया ॥ ८ ॥ ९ ॥ उसने मन ही मन सोचा कि "यादवेश्वर भगवान कृष्ण मुझपर रक्षाका भार डालकर श्रीशिवजीका साक्षात्कार करनेके लिए कैलास पर्वतपर गये हुए हैं। अतएव इस समय द्वारकाकी रक्षा करना हमारा प्रधान कर्तव्य है।" ऐसा विचार करके सात्यकिने तत्काल धनुष सम्हाला ॥ १० ॥ ११ ॥ तदनन्तर महात्मा दारुकके पुत्र द्वारा जोते हुए विशालकाय रथपर सवार होकर स्वयं

महात्मानो राजानः सर्व एव तु ॥ ६ ॥ कुठारैः सर्वतश्चैव चिच्छिदुः पौण्ड्रकाज्ञया ॥ प्राकारांश्चैव सर्वत्र प्रासादान्नरसंचयान् ॥ ७॥ अथ तत्र महा-
शब्दः प्रादुरासीत्समन्ततः ॥ टङ्केषु पात्यमानेषु प्राकारेषु महाबलैः ॥ ८ ॥ पूर्वद्वारे महाराज भिन्नाः प्राकारसंचयाः ॥ श्रुत्वा शब्दं महाघोरं
सात्यकिः क्रोधमूर्च्छितः ॥ ९ ॥ मयि सर्वं समारोप्य केशवो यादवेश्वरः ॥ गतः कैलासशिखरं द्रष्टुं शंकरमव्ययम् ॥ १० ॥ अवश्यं हि मया रक्ष्या
पुरी द्वारावती त्वियम् ॥ इति संचिन्त्य मनसा धनुरादाय सत्वरम् ॥ ११ ॥ रथं महान्तमारुह्य दारुकस्य महात्मनः ॥ पुत्रेण संस्कृतं घोरं यन्ता
च स्वयमेव हि ॥ १२ ॥ धनुर्महत्तदादाय शरांश्चाशीविषोपमान् ॥ आमुच्य कवचं घोरं शस्त्रसंपातदुःसहम् ॥ १३ ॥ अङ्गदी कुण्डली तूणी शरी
चापी गदासिमान् ॥ ययौ युद्धाय शैनेयः संस्मरन्केशवं वचः ॥ १४ ॥ दीपिकादीपिते देशे ययौ सात्यकिरुत्तमः ॥ तथैव बलदेवोऽपि रथ-
मारुह्य भास्वरम् ॥ १५ ॥ गदी शरी महावीर्यः प्रायाद्रणचिकीर्षया ॥ सिंहनादं प्रकुर्वन्तो मुञ्चन्तो भैरवं रवम् ॥ १६ ॥ उद्धवोऽपि बली साक्षाद्गज-
मारुह्य सत्वरम् ॥ मत्तं महारवं घोरं संग्रामे नीतिमत्तरम् ॥ १७ ॥ ययौ नीतिं विचिन्वानः परां प्रीतिं महाबलः ॥ अन्ये च वृष्णयः सर्वे ययुः
संग्रामलालसाः ॥१८॥ रथान्गजान्समारुह्य हार्दिक्यप्रमुखास्तथा ॥ दीपिकाभिश्च सर्वत्र पुरोवृत्ताभिरीश्वराः ॥१९॥ सिंहनादं प्रकुर्वन्तः स्मरन्तः
केशवं वचः ॥ पूर्वद्वारं समागम्य वृष्णयो युद्धलालसाः ॥ २० ॥ ते समेत्य यथायोगं स्थितास्तत्र महाबलाः ॥ स्थिते सैन्ये महाघोरे दीपिका-

उसे हाँकता हुआ चला ॥ १२ ॥ उस समय वह उत्तम धनुष और सर्पसदृश विषैले बाणोंको लिये हुए था। शस्त्रवर्षाको सहनेमें समर्थ कवच उसके शरीरपर था ॥ १३ ॥ अङ्गद, कुण्डल, तरकस, बाण, धनुष, गदा, असि आदिसे सुसज्जित शिनिकुमार सात्यकि भगवान कृष्णके वचनका स्मरण करता हुआ युद्धके लिए चला ॥ १४ ॥ क्रमशः वह उस प्रदेशमें जा पहुँचा, जहाँ दीपकका प्रकाश हो रहा था। उधरसे परम पराक्रमी बलराम भी गदा और बाण लिये हुए युद्धके निमित्त चल पड़े। वे एक तेजस्वी रथपर सवार थे और भीषण सिंहनाद तथा बीच-बीचमें भयंकर चीत्कार करते चलते थे ॥ १५ ॥ १६ ॥ उसी समय यादवसत्तम उद्धव भी अपने अतिशय प्रिय, घोर गर्जनशील और मतवाले हाथीपर सवार होकर रणनीतिके विषयमें विचार करते हुए युद्धके लिए चले। उनके अतिरिक्त हार्दिक्यप्रभृति अन्यान्य यादवगण भी भगवान कृष्णके वचनका स्मरण करते हुए रथों तथा हाथियोंपर सवार होकर सिंहनाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करते हुए युद्धकी लालसासे नगरीके पूर्वी द्वारपर एकत्र हुए । उन सबके पास मशालें थीं ॥ १७–२० ॥ इस प्रकार समस्त वृष्णिसेनाके पूर्व द्वारपर एकत्र हो जानेके बाद धनुष-बाण एवं गदा-तूणीरधारी परम प्रतापी सात्यकिने सर्वप्रथम अपने विशाल धनुषपर वायव्यास्त्रका सन्धान करके धनुषकी डोरीको कानोंतक खींचा और उसे शत्रुसेनापर छोड़ दिया ॥ २१–२३ ॥ केवल उसी एक शस्त्रके प्रहारसे प्राचीरविदारणमें संलग्न शत्रुपक्षके वीर पराजित होकर भयभीत भावसे भागकर राजा पौण्ड्रके पास पहुँचे ॥२४॥ वायव्यास्त्रके वायुवेगसे उड़कर पहुँचे हुए पौण्ड्रपक्षके राजे उसके पास जाकर उस स्थानपर खड़े हो गये, जहाँ रणसे भागे हुए अन्यान्य राजे पहलेसे ही खड़े थे ॥ २५ ॥ तत्काल वीर सात्यकि धनुषपर सर्पके फणसदृश भयानक एक अन्य बाण चढ़ाकर बोला—॥ २६ ॥ "मैं धनुष-बाण धारण करके युद्धके लिए प्रस्तुत हूँ । इस समय महाबुद्धिमान् राजसत्तम पौण्ड्र कहाँ है ? ॥ २७ ॥ मैं भगवान कृष्णका एक

दीपिते पथि ॥ २१ ॥ शिनिर्वीरः शरी चापी गदी तूणीरवान्विभो ॥ वायव्यास्त्रं समादाय योजयित्वा महाशरम् ॥ २२ ॥ आकर्णं पूर्णमाकृष्य धनुःप्रवरमुत्तमम् ॥ मुमोच परसैन्येषु शिनिर्वीरः प्रतापवान् ॥ २३ ॥ वायव्यास्त्रेण ते सर्वे तत्रस्था नरसत्तमाः ॥ विजिता ह्यस्त्रवीर्येण यत्र तिष्ठति पौण्ड्रकः ॥ २४ ॥ तत्र गत्वा स्थिताः सर्वे निर्धूता वातरंहसा ॥ यत्र पूर्वं स्थिताः सर्वे विद्रुता राजसत्तमाः ॥ २५ ॥ तत्र स्थित्वा च शैनेयः शरमादाय सत्वरम् ॥ निशितं सर्पभोगाभं बभाषे सात्यकिस्तदा ॥ २६ ॥ क्व इदानीं महाबुद्धिः पौण्ड्रको राजसत्तमः ॥ स्थितोऽस्मि व्यवसायेन शरी चापी महाबलः ॥ २७ ॥ यदि द्रष्टा दुरात्मानं ततो हन्ता नृपाधमम् ॥ भृत्योऽस्मि केशवस्याहं जिघांसुः पौण्ड्रकं स्थितः ॥ २८ ॥ छित्त्वा शिरस्तु तस्यास्य सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ बलिं दास्यामि गृध्रेभ्यः श्वभ्यश्चैव दुरात्मनः ॥ २९ ॥ को नाम ईदृशं कर्म चौरवच्च समाचरेत् ॥ सुप्तेषु निशि सर्वत्र यादवेषु महात्मसु ॥ ३० ॥ चोरोऽयं सर्वथा राजा न हि राजा बलान्वितः ॥ यदि शक्तो न कुर्याच्च चौर्यमेवं नृपाधमः ॥ ३१ ॥ अहोऽस्य बलिनो राज्ञश्चौरकार्यं प्रकुर्वतः ॥ सर्वथागमनं तस्य न हि पश्यामि साम्प्रतम् ॥ ३२ ॥ इत्युक्त्वा सात्यकिर्वीरः प्रजहास महाबलः ॥ विस्फार्य सुदृढं चापं संदधे कार्मुके शरम् ॥ ३३ ॥ आकर्ण्य वचनं वीरः सात्यकेस्तस्य धीमतः ॥ क्व नु कृष्णः क्व गोपालः कुतः सोऽथ प्रवर्तते ॥ ३४ ॥

साधारण सेवक हूँ और पौण्ड्रका वध करनेकी अभिलाषासे खड़ा हूँ । यह यदि एक बार भी दिख जाय तो मैं उस नृपाधम दुरात्माको मार डालूँ ॥ २८ ॥ इन समस्त क्षत्रियोंके सम्मुख उसका मस्तक काटकर मैं गिद्धों और कुत्तोंको खिला दूँगा ॥ २९ ॥ रात्रिके समय जब महात्मा यादवगण सो रहे थे, ऐसे समय कौन राजा चोरकी तरह चढ़ाई करके ऐसा कुत्सित कर्म करेगा ॥ ३० ॥ अतएव यह दुरात्मा राजबलसे समन्वित राजा कदापि नहीं हो सकता । यदि इसमें राजाके समान सामर्थ्य होती तो यह इस प्रकार चोरोंके सदृश काम न करता । अतएव यह राजा नहीं, बल्कि चोर है ॥ ३१ ॥ जो इस तरह तस्करवृत्तिपरायण है, उसके बाहुबलको धिक्कार है । किन्तु इस समय वह यहाँ दिखायी क्यों नहीं देता ॥ ३२ ॥ ऐसा कहकर वीर सात्यकि ज़ोरसे ठठाकर हँसा और धनुष विस्फारित करके उसपर बाण चढ़ाया ॥ ३३ ॥ इधर नरपति पौण्ड्र सात्यकिके वचन सुनकर बोला—इस समय वह स्त्रीघाती

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पशुघातक, गोपाल और अपनेको कर्ता माननेवाला कृष्ण कहाँ है ? मेरा 'वासुदेव' नाम चुराकर वह दुष्ट कहाँ छिपा बैठा है ? ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ उसने मेरे मित्र महात्मा नरकासुरका वध किया है। आज इस युद्धमें उस दुष्टको मारकर मैं अपने घर लौट जाऊँगा ॥ ३६ ॥ हे वीर सात्यकि ! तुम इच्छानुसार जहाँ चाहो जा सकते हो। क्योंकि तुम मेरे साथ युद्ध नहीं कर सकते। अथवा क्षणभर ठहर जाओ। तभी तुम मेरा पराक्रम देख सकोगे ॥ ३७ ॥ अभी मैं अपने तीक्ष्ण बाणोंसे तुम्हारा मस्तक काट लूँगा। तुम्हारे मर जानेपर धरती तुम्हारा रुधिर पियेगी ॥ ३८ ॥ वह गोपबालक तुम्हारी सहायताके बलपर गर्व कर रहा है। तुम्हारे मरणका समाचार सुननेपर उसको गर्व नहीं रहेगा ॥ ३९ ॥ मैंने सुना है कि तुम्हारे ऊपर द्वारकाकी रक्षाका भार डालकर वह ग्वाला कैलास पर्वतको चला गया है। अतएव यदि युद्ध करनेकी सामर्थ्य हो तो अपना तीक्ष्ण बाण सम्हालो। ऐसा कहकर पौण्ड्र बाण लेकर युद्धके

स्त्रीहन्ता पशुहन्ता च क्व स्वामीति सेवितः ॥ स इदानीं क्व वर्तेत गृहीत्वा मम नाम तत् ॥ ३५ ॥ हन्ता सख्युर्महावीर्यो नरकस्य महात्मनः ॥ ममैव तात युद्धेऽस्मिन्हते तस्मिन्दुरात्मनि ॥ ३६ ॥ गच्छ त्वं कामतो वीर योद्धुं न क्षमते भवान् ॥ अथ वा तिष्ठ किंचित्तु ततो द्रष्टाऽसि मे बलम् ॥ ३७ ॥ शिरस्ते पातयिष्यामि शरैर्घोरैर्दुरासदैः ॥ हतस्य तव वीरेह भूमिः पास्यति शोणितम् ॥ ३८ ॥ श्रोष्यते स तथा गोपो हतः सात्यकिरित्यपि ॥ यो गर्वस्तस्य गोपस्य सर्वदा वर्तते महान् ॥ ३९ ॥ विनश्यति स तु क्षिप्रं हते त्वयि यदूत्तमम् ॥ त्वयि रक्षां समादिश्य गोपः कैलासपर्वतम् ॥ ४० ॥ गत इत्येवमस्माभिः श्रुतं पूर्वं महामते ॥ शरं गृहाण निशितं यदि शक्तोऽसि सात्यके ॥ इत्युक्त्वा बाणमादाय ययौ योद्धुं व्यवस्थितः ॥ ४१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकवधे रात्रियुद्धे षण्णवतितमोऽध्यायः ॥ ९६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः क्रुद्धो महाराज सात्यकिर्वृष्णिपुङ्गवः ॥ उवाच वचनं राजन् वासुदेवं स्मरन्निव ॥ १ ॥ अब्रोत्वदीदृशं वाक्यं वासुदेवं नृपाधमः ॥ को नाम जगतां नाथमित्थं ब्रूयाज्जिजीविषुः ॥ २ ॥ मृत्युस्त्वां सर्वथा याति वदन्तं तादृशं वचः ॥ जिह्वा ते शतधा दीर्याद्वदतस्तादृशं वचः ॥ ३ ॥ एष ते पातयिष्यामि शिरः कायाच्च पौण्ड्रक ॥ यन्नाम वासुदेवेति तव संप्रति वर्तते ॥ ४ ॥ यावत्पतति कायात्ते शिरस्तावत्प्रवर्त्तते ॥ स एव श्वो न भगवान् वासुदेवो भविष्यसि ॥ ५ ॥ एक एव जगन्नाथः कर्त्ता सर्वस्य सर्वगः ॥ दुरात्मन्सर्वथा

लिए तैयार हो गया ॥ ४० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षण्णवतितमोऽध्यायः ॥ ९६ ॥

(पौण्ड्रक-सात्यकियुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर वृष्णिपुंगव सात्यकि क्रुद्ध होकर भगवान कृष्णचन्द्रका स्मरण करते हुए बोले—॥ १ ॥ अरे दुरात्मन् ! कौन अधम राजा अपने जीवनकी अभिलाषा करके जगत्पति भगवान वासुदेवके प्रति ऐसी बात कह सकता है ? ऐसी ऊटपटांग बातें करनेपर मृत्यु तुझे धर दबोचेगी और तेरी जीभ विदीर्ण होकर सौ टुकड़े हो जायगी ॥ २ ॥ ३ ॥ हे पौण्ड्रक ! मैं अभी तुम्हारे शरीरसे तुम्हारा मस्तक काटकर अलग कर दूँगा। जबतक वह कट नहीं जाता, तबतक तुम्हारा 'वासुदेव' नाम विद्यमान रहेगा। कल तुम संसारमें न दिखायी दोगे ॥ ४ ॥ ५ ॥ जो एकमात्र जगत्पति, समस्त जीवोंके रचयिता और सर्वत्रगामी हैं, कलसे वे ही अद्वितीय वासुदेव

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रह जायँगे ॥ ६ ॥ यदि भगवान वासुदेव अभी नहीं आ जाते हैं तो मैं ही तुम्हारा मस्तक काट लूँगा ॥ ७ ॥ तुम्हारे पास जितना भी अस्त्रबल और पराक्रम हो, वह सब दिखा लो। क्योंकि कुछ ही देर बाद तुम्हारा सब बल और सारा पराक्रम नष्ट हो जायगा। मैं धनुष, बाण, गदा और खड्ग आदि आयुधोंसे सुसज्ज होकर तुम्हारे समक्ष खड़ा हूँ ॥८॥९॥ मैं सच कहता हूँ कि तुम इस नगरमें प्रवेश पानेकी आशा त्याग दो। आज तुम जैसे नकली वासुदेवका दर्शन पाकर मैं कृतार्थ हो गया ॥ १० ॥ हे राजन्! आज मैं तुम्हारे शरीरके टुकड़े-टुकड़े करके कुत्तोंको खिला दूँगा। ऐसा कहकर सात्यकिने अपने धनुषपर तीक्ष्ण बाण चढ़ाया और उसकी डोरी कानतक खींचकर पौण्ड्रकपर चला दिया। परम पराक्रमी यादव सात्यकिके बाणसे विद्ध होकर परम प्रतापी वासुदेव (पौण्ड्र) अपने सभी अंगों तथा नेत्रोंसे गरम रुधिर वमन करता हुआ अत्यधिक क्रुद्ध हो उठा ॥ ११–१३ ॥ भयानक गर्जन करके उसने तीक्ष्ण और

देवो भविष्यति न संशयः ॥ ६ ॥ एष तेऽहं शिरः कायात्पातयिष्यामि राजक ॥ यदसौ भगवान् विष्णुर्नागमिष्यति साम्प्रतम् ॥ ७ ॥
अस्त्रवीर्यं बलं चैव सर्वं दर्शय साम्प्रतम् ॥ नातः परतरं राजन् वीर्यं च तव वर्तते ॥ ८ ॥ सर्वं दर्शय यत्नेन स्थितोऽस्मि व्यवसायवान् ॥
शरी चापी गदी खड्गी सर्वथाऽहमुपस्थितः ॥ ९ ॥ नैतन्नगरमायासीः सत्यमेतद्ब्रवीम्यहम् ॥ सर्वथा कृतकृत्योऽस्मि दृष्ट्वा त्वां वासुदेवकम् ॥ १० ॥
तवाङ्गं तिलशः कृत्वा श्वभ्यो दास्यामि राजक ॥ इत्युक्त्वा बाणमादाय वासुदेवं महाबलः ॥ ११ ॥ आकर्णपूर्णमाकृष्य विव्याध निशितं शरम् ॥
स तेन विद्धो यदुना वासुदेवः प्रतापवान् ॥ १२ ॥ वमञ्छोणितमत्युष्णमङ्गान्नेत्रान्नृपोत्तम ॥ ततश्चुक्रोध नृपतिर्वासुदेवः प्रतापवान् ॥ १३ ॥
नवभिर्दशभिश्चैव शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ विव्याध सात्यकिं राजा नदंश्च बहुधा किल ॥१४॥ ततो नाराचमादाय निशितं यमसन्निभम् ॥ धनुराकृष्य
भगवान् वासुदेवो नृपोत्तम ॥ १५ ॥ विव्याध सात्यकिं भूयो निशि प्रह्लादयन्स्वकान् ॥ नाराचेन समाविद्धः सात्यकिः सत्यसङ्गरः ॥ १६ ॥ ललाटे
सुदृढं वीरो वृष्णीनामग्रणीस्तदा ॥ निषसाद रथोपस्थे निश्चेष्ट इव सत्तमः ॥ १७ ॥ ततः स पौण्ड्रको राजा विद्ध्वा दशभिराशुगैः ॥ सारथिम्प-
ञ्चविंशत्या हयांश्च चतुरो नृप ॥ १८ ॥ ते हया रुधिराक्ताङ्गाः सारथिश्च समन्ततः ॥ विह्वलाः समपद्यन्त वासुदेवस्य पश्यतः ॥ १९ ॥ वासुदेवो रथे
चापि सिंहनादं समाददे ॥ तेन नादेन तत्राभूद्विबुद्धः सात्यकिर्नृप ॥ २० ॥ विद्धान्हयांस्तथा दृष्ट्वा सारथिं च तथागतम् ॥ शैनेयोऽथ महावीर्यो

नतपर्व नौ-दस बाणोंसे सात्यकिको बींध दिया ॥१४॥ उसके क्षण ही भर बाद उसने एक और यमसदृश भीषण बाण लेकर सात्यकिके मस्तकपर मारा। जिससे वृष्णिवीर तथा सत्यप्रतिज्ञ सात्यकिके ललाटमें अत्यधिक घाव हो गया और वे अचेत होकर अपने रथपर बैठ गये ॥ १५–१७ ॥ तदनन्तर पौण्ड्रकने दस बाणोंसे सात्यकिके सारथीको और पचीस बाणोंसे रथके चारों घोड़ोंको बींधा ॥१८॥ इस प्रकारसे सात्यकिका सारथी और रथके घोड़े विह्वल हो गये। क्योंकि उनके शरीरसे रुधिरकी धारा बह रही थी। पौण्ड्रकने यह दशा देखकर बहुत जोरोंसे सिंहनाद किया। उसके सिंहनादसे सात्यकिकी मूर्छा दूर हो गयी ॥ १९ ॥ २० ॥ अपने सारथी तथा घोड़ोंको घायल स्थितिमें देखकर महाबली सात्यकि बहुत क्रुद्ध हुए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और कहा—"अच्छा, अब मैं तुम्हारा पौरुष देखता हूँ।" ऐसा कहकर उन्होंने एक वाण लिया और पूर्ण शक्तिके साथ पौण्ड्रकके वक्षःस्थलपर प्रहार कर दिया ॥ २१ ॥ २२ ॥ इस प्रहारसे पौण्ड्रक लुढ़क गया और उसके वक्षःस्थलसे अतिशय उष्ण रुधिरकी धारा बहने लगी ॥ २३ ॥ वह फुफकार मारनेवाले सर्पके समान लम्बी साँसें लेता हुआ अपने रथपर लेट गया। उस समय उसे कर्तव्य-अकर्तव्यका कुछ भी ज्ञान नहीं रह गया ॥२४॥ अवसर देखकर सात्यकिने दस बाणोंसे उसके रथको विद्ध करके एक भल्लास्त्र द्वारा उसकी ध्वजा काट डाली ॥ २५ ॥ तदनन्तर बाणवर्षा करके उन्होंने उसके चारों घोड़ोंको मारकर सारथीका मस्तक काट डाला और उसके रथको ध्वस्त कर दिया ॥ २६ ॥ २७ ॥ इसके बाद दस वेगवान् बाणोंसे रथके पहियोंको तिल-तिल करके वे बहुत ऊँचे स्वरसे हँसने लगे ॥२८॥ तत्पश्चात् उन्होंने भयानक ढंगसे चीत्कार करके सभी राजाओंके समक्ष सत्तर बाणोंसे उस महाकाय नकली

रुषितो नृपसत्तमः ॥ २१ ॥ अलं द्रक्ष्यामि ते वीर्यमित्युक्त्वा बाणमाददे ॥ विव्याध तेन बाणेन वक्षस्येनं महाबलः ॥ २२ ॥ ततश्चचाल तेनाजौ
वासुदेवः शरेण ह ॥ सुस्राव रुधिरं घोरमत्युष्णं वक्षसो नृप ॥ २३ ॥ रथोपस्थे पपाताशु निःश्वसन्नुरगो यथा ॥ कृत्यं चापि न जानाति केवलं
निषसाद ह ॥ २४ ॥ सात्यकिस्तु रथं विद्ध्वा दशभिः सायकैस्तथा ॥ ध्वजं चिच्छेद भल्लेन वासुदेवस्य वृष्णिपः ॥ २५ ॥ हयांश्च चतुरो हत्वा
बाजैः सारथिमेव च ॥ युयुधानोऽथ राजेन्द्र पौण्ड्रकस्य च पश्यतः ॥ २६ ॥ सारथेश्च शिरः कायादहरत्स रथात्तदा ॥ रथग्रन्थिं च चिच्छेद हयाश्च
व्यसवोऽभवन् ॥ २७ ॥ चक्रं च तिलशः कृत्वा बाणैर्दशभिरंजसा ॥ जहास विपुलं राजन् वासुदेवं महाबलः ॥ २८ ॥ ततः परं महाकायं सात्यकि-
र्वृष्णिनन्दनः ॥ शब्दं कृत्वा बली साक्षात्सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ २९ ॥ शरैः सप्ततिसंख्याकैरर्दयामास सत्वरम् ॥ ते शराः शलभाकारा निपेतुः
सर्वशस्तदा ॥ ३० ॥ शिरस्तः पार्श्वतश्चैव पृष्ठतः पुरतस्तथा ॥ केवलं धैर्यनिचयस्तृषार्तः शरवान् यथा ॥ ३१ ॥ यथा मनस्वी रिक्तश्च तथा तिष्ठति
पौण्ड्रकः ॥ ततश्चुक्रोध बलवान् वासुदेवः प्रतापवान् ॥ ३२ ॥ अर्धचन्द्रं समादाय विव्याध युधि सात्यकिम् ॥ विद्ध्वा सप्तभिरायान्तं क्रोधेन
प्रस्फुरन्निव ॥ ३३ ॥ विद्धोऽथ सात्यकिस्तेन शरैः पञ्चभिराशुगैः ॥ चापं चिच्छेद पौण्ड्रस्य सिंहनादं व्यनीनदत् ॥ ३४ ॥ वासुदेवो गदां गृह्य
भ्रामयित्वा पदात्पदम् ॥ त्वरितं पातयामास सात्यकेर्वक्षसि प्रभो ॥ ३५ ॥ सव्येन तां समाकृष्य करेण यदुनन्दनः ॥ शरं प्रगृह्य विव्याध

वासुदेव पौण्ड्रको बींध दिया। उनके वे सभी बाण फतिंगोंके समान चारों ओरसे पौण्ड्रके मस्तक, पीठ, अगल-बगल और सम्मुख सब ओर गिरे ॥ २९—३१ ॥ जैसे कोई मनस्वी व्यक्ति अपना समस्त धन किसी सत्पात्रको देकर रिक्तहस्त हो जाता है, उसी प्रकार बाणविद्ध पौण्ड्रक पूर्ण धैर्यके साथ कुछ देर निस्तब्ध खड़ा रहा। तदनन्तर उस परम प्रतापी पौण्ड्रने अत्यधिक कुपित होकर अपने सात अर्धचन्द्र बाणोंसे सात्यकिपर प्रहार कर दिया। इस प्रकार विद्ध होकर सात्यकिने अपने पाँच द्रुतगामी बाणोंसे पौण्ड्रके धनुषको काट डाला और बहुत जोरसे सिंहनाद किया ॥ ३२—३४ ॥ उसी समय वासुदेव (पौण्ड्र) ने अपनी गदा सम्हाली और उसे घुमाकर सात्यकिके वक्षःस्थलपर प्रहार कर दिया ॥ ३५ ॥ किन्तु

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वक्षस्थलपर लगनेके पहले ही सात्यकिने बायें हाथसे गदा पकड़ ली और अपने बाणोंकी मारसे उसे विद्ध कर दिया ॥ ३६ ॥ उसी समय पौण्ड्रने शीघ्र सात्यकिपर दस शक्तियोंका प्रहार कर दिया ॥ ३७ ॥ सत्यप्रतिज्ञ सात्यकि उस प्रहारसे अत्यधिक व्यथित हुए और तत्क्षण वह धनुष त्यागकर उन्होंने दूसरा धनुष हाथमें ले लिया और अपने विकराल बाणोंसे पौण्ड्रको मारना आरम्भ कर दिया ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां सप्तनवतितमोऽध्यायः ॥ ९७ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उसी समय वृष्णिनन्दन सात्यकिने अत्यधिक क्रुद्ध होकर बनावटी वासुदेव पौण्ड्रपर अपनी तीक्ष्ण गदाका प्रहार किया ॥ १ ॥ बलवान् पौण्ड्रने भी सात्यकिपर अपनी गदाका प्रहार किया। अब गदा ताने हुए वे दोनों दारुण वीर परस्पर एक दूसरेका वध करनेको उद्यत वनचारी दो दृप्त सिंहोंके समान दीखने लगे।

सात्यकिर्युधि पौण्ड्रकम् ॥ ३६ ॥ तमन्तरे गृहीत्वाऽऽशु वासुदेवः प्रतापवान् ॥ शक्तिभिर्दशभिश्चैव सात्यकिं निजघान ह ॥ ३७॥ ताभिर्विद्धो रणे वीरः सात्यकिः सत्यसङ्गरः ॥ अपास्य धनुरन्यत्तद्धनुरादाय सत्वरम् ॥ आजघान तदा वीरो वृष्णीनामग्रणीर्नृपः ॥ ३८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां पौण्ड्रकवधे सप्तनवतितमोऽध्यायः ॥ ९७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः क्रुद्धो गदापाणिः सात्यकिर्वृष्णिनन्दनः ॥ वासुदेवं जघानाशु गदया तीक्ष्णया नृप ॥ १ ॥ सात्यकिं वासुदेवस्तु गदयाऽभ्यहनद्बली ॥ तावुद्यतगदौ वीरौ शुशुभाते सुदारुणौ ॥ २ ॥ दृप्तौ वने यथा सिंहौ परस्परवधैषिणौ ॥ ततः स सात्यकिः क्रुद्धः सव्यं मण्डलमागमत् ॥३॥ दक्षिणं वासुदेवस्तु तं जघान स्तनान्तरे ॥ युयुधानोऽथ वीरस्तु बाह्वोर्मध्यमताडयत् ॥४॥ दृढं स ताडितो वीरो जानुभ्यामपतद्भुवि ॥ तत उत्थाय वीरस्तु ललाटेऽभ्यहनद्गदाम् ॥५॥ विषण्णः किञ्चिदास्थाय तत उत्थाय सत्वरम् ॥ गदयाऽभ्यहनद्वीरः सात्यकिः पौण्ड्रसत्तमम् ॥६॥ वासुदेवो बली वीरः साक्षान्मृत्युरिवापरः ॥ जघान गदया वृष्णिं निर्दहन्निव चक्षुषा ॥७॥ स तया ताडितो वृष्णिर्गदया बाहुमुक्तया ॥ आलम्ब्य भूमिं सहसा मृत्योरङ्कगतो यथा ॥ ८ ॥ संज्ञां पुनः समालम्ब्य पाणिभ्यां दृढमेव च ॥ गदां तस्य महाराज गृहीत्वा प्रग्रहेण ह ॥ ९ ॥

उसके बाद वीर सात्यकि दक्षिण मण्डलसे पैंतरा बदलते हुए आगे बढ़े और दाहिनी ओर उपस्थित पौण्ड्रकी छातीपर भीषण गदाप्रहार किया। उस प्रहारसे पौण्ड्रको बहुत अधिक चोट लगी, जिससे वह घुटनोंके बल जमीनपर बैठ गया। तनिक देर बाद वह फिर उठ खड़ा हुआ और उठते ही उसने सात्यकिके मस्तकपर गदाका प्रहार कर दिया ॥ २-५ ॥ इस प्रहारसे सात्यकिको कुछ अवसाद हुआ, किन्तु तत्काल उठकर उन्होंने भी पौण्ड्रके शरीरपर गदाका आघात कर दिया। उस समय पौण्ड्र यमराजके समान भयानक दिखायी दे रहा था और वह सात्यकिकी ओर इस तरह निहार रहा था कि मानों अपने नेत्रोंकी ज्वालासे ही उन्हें भस्म कर देगा ॥ ६।७ ॥ उसी समय उसने फिर सात्यकिपर भीषण गदाप्रहार कर दिया। उस प्रहारसे सात्यकि जमीन थाम्हकर इस तरह बैठ गये कि मानो मृत्युकी गोदमें पहुँच गये हों ॥ ८ ॥ हे महाराज! तनिक ही देर बाद उन्हें होश हो आ गया और उठकर दोनों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हाथोंसे पौण्ड्रकी वह लौहमयी तथा भारी गदा छीन ली और उसके दो टुकड़े करके सात्यकि बड़े जोरोंसे सिंहगर्जन करने लगे ॥ ९ ॥ १० ॥ उसी समय पौण्ड्रने सात्यकिको बायें हाथसे पकड़ लिया और दाहिने हाथसे मुक्का तानकर उनकी छातीपर मारा ॥ ११ ॥ १२ ॥ तत्काल वृष्णिवीर सात्यकिने भी गदा त्याग दी और पौण्ड्रको एक करारा थप्पड़ मारा ॥ १३ ॥ पौण्ड्रने भी उलटकर सात्यकिको एक थप्पड़ जड़ दिया । अब उन दोनों वीरोंमें थप्पड़ोंका युद्ध होने लगा ॥ १४ ॥ इस प्रकार कुछ देर घोरतर तलयुद्ध होनेके बाद वे दोनों वीर घुटनों-घुटनोंसे, मुक्कों-मुक्कोंसे, भुजा-भुजासे, छाती-छातीसे और मस्तक-मस्तकसे टकराकर लड़ने लगे । हे महाराज ! जैसे वनमें खड़े दो तालवृक्षोंकी परस्पर रगड़से अग्नि उत्पन्न हो जानेपर शब्द हो, उसी प्रकार उन दोनोंके संघर्षसे शब्द उच्चरित होने लगा । इसके बाद रणविख्यात दोनों वीर सात्यकि तथा पौण्ड्र दो प्रसिद्ध पहलवानोंकी तरह परस्पर मल्लयुद्ध

द्विधा कृत्वा महागुर्वीं गदां कालायसीं शुभाम् ॥ उत्सृज्य सहसा वीरः सिंहनादं व्यनीनदत् ॥ १० ॥ तत उत्सृज्य राजा तु वासुदेवो महाबलः ॥ सव्येन सात्यकिं गृह्य दक्षिणेन करेण ह ॥ ११ ॥ मुष्टिं कृत्वा महाघोरां वासुदेवः प्रतापवान् ॥ ताडयामास मध्ये तु स्तनयोः सात्यकेर्नृप ॥ १२ ॥ शैनेयो वृष्णिवीरस्तु गदामुत्सृज्य सत्वरम् ॥ तलेनाभ्यहनद्वीरो वासुदेवं रणाजिरे ॥ १३ ॥ तलेन वासुदेवोऽपि सात्यकिं सत्यसङ्गरम् ॥ तयोरेवं महाघोरं तलयुद्धं प्रवर्तते ॥ १४ ॥ जानुभ्यां मुष्टिभिश्चैव बाहुभ्यां शिरसा तदा ॥ उरसोरः समाहत्य जानुभ्यां जानुनी तथा ॥ १५ ॥ कराभ्यां करमाहत्य तौ युद्धं संप्रचक्रतुः ॥ तालयोस्तत्र राजेन्द्र वृक्षयोः संनिकर्षयोः ॥ १६ ॥ वने यथाऽग्निरुत्पन्नस्तथैवाभून्महास्वनः ॥ तावाजौ प्रथितौ वीरावुभौ पौण्ड्रकसात्यकी ॥ १७ ॥ निशि स्तिमितमूकायां शस्त्रं त्यक्त्वा महाबलौ ॥ युयुधाते महारङ्गे मल्लौ द्वाविव विश्रुतौ ॥ १८ ॥ उभे सेने महाराज्ञोः संशयं जग्मतुस्तदा ॥ किं नु स्यात्सात्यकिर्वीरो हतस्तेन भविष्यति ॥ १९ ॥ आहोस्विद्वासुदेवस्तु हतस्तेन महात्मना ॥ अद्य वै तौ महावीरौ परस्परवधैषिणौ ॥ २० ॥ युध्यमानौ महावीरौ नरौ स्वर्गं गमिष्यतः ॥ अन्यथा नोपरम्येतां युद्धाद्वीरौ सुनिश्चितौ ॥ २१ ॥ अहो वीर्यमहो धैर्यमेतयोर्बलशालिनोः ॥ एतौ महाबलौ लोके एतौ प्रकृतिसत्तमौ ॥ २२ ॥ नैवं युद्धं महाघोरमासीद्देवासुरेष्वपि ॥ न श्रुतो न च वा दृष्टः संग्रामोऽयं कदाचन ॥ २३ ॥ एते वै सैनिकाब्रुयुः सेनयोरुभयोरपि ॥ रात्रौ निशीथे मेघौघे दृष्ट्वा युद्धं सुदारुणम् ॥ २४ ॥ अथ तौ

करने लगे ॥ १५–१८ ॥ उस आधी रातके समय जब कि चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था, वे दोनों इस प्रकार भयानक रीतिसे लड़ रहे थे कि दोनों पक्षके सैनिक मन ही मन सोचने लगे—'आज वीर सात्यकिके हाथसे वासुदेव पौण्ड्र मारा जायगा अथवा पौण्ड्रके हाथों सात्यकिका निधन हो जायगा । क्योंकि ये दोनों वीर परस्पर एक दूसरेको मार डालनेके लिए पूर्णरूपसे संनद्ध हैं ॥१९॥२०॥ अथवा इस प्रकार युद्ध करते हुए दोनों वीर एक साथ मरकर स्वर्गधामको सिधारेंगे । अन्यथा इन दोनोंके संग्रामसे निवृत्त होनेकी कोई सम्भावना नहीं है ॥ २१ ॥ इन दोनों वीरोंका कैसा पराक्रम है और इनमें कितना धैर्य है । सच पूछो तो सारे ससारमें ये ही दो पुरुष वास्तविक बलवान् हैं ॥ २२ ॥ देवासुरसंग्राममें भी ऐसा युद्ध न देखा और न सुना ही गया था ॥२३॥ हे महाराज ! उस भयानक मेघाच्छादित अर्धरात्रिके समय इस प्रकार विकट युद्ध देखकर उभयपक्षके सैनिक परस्पर इस तरह कहने लगे ॥२४॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसी समय दोनों वीर बाहुयुद्ध करते-करते धरतीपर गिर गये। गिर जानेपर भी सात्यकिने पौण्ड्रको दस मुक्के एवं पौण्ड्रने सात्यकिको पाँच मुक्के मारे। उनके मुक्कोंका शब्द सुनकर समस्त ब्रह्माण्ड क्षुब्ध हो उठा और सर्वत्र सब लोगोंको बड़ा विस्मय हुआ ॥ २५ ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामष्टनवतितमोऽध्यायः ॥ ९८ ॥

(एकलव्यके सैनिकोंका निधन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इधर निषादपति एकलव्य क्रोधके साथ धनुष लेकर बलरामकी ओर बड़े वेगसे दौड़ा ॥ १ ॥ उस समय जगत्पति वीर बलरामने दस बाणोंसे एकलव्यको घायल करके अन्य दस बाणोंसे सबके समक्ष उसका धनुष काट डाला ॥ २ ॥ तत्पश्चात् दस बाणोंसे सारथीका विनाश करके तीस

बाहुभिर्वीरौ संनिपेततुरञ्जसा ॥ दशभिर्मुष्टिभिर्जघ्ने सात्यकिः पौण्ड्रकं तदा ॥ २५ ॥ पञ्चभिः सात्यकिं पौण्ड्रः समाजघ्ने महाबलः ॥ तयोश्चटचटाशब्दो ब्रह्माण्डक्षोभणो महान् ॥ प्रादुरासीत्तु सर्वत्र सर्वान्विस्मापयन्निव ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकवधे अष्टनवतितमोऽध्यायः ॥ ९८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नन्तरे क्रुद्ध एकलव्यो निषादपः ॥ बलभद्रमभि क्षिप्रं धनुरादाय सत्वरम् ॥ १ ॥ नाराचैर्दशभिर्विद्ध्वा बाणैश्च दशभिः परैः ॥ चिच्छेद धनुरर्द्धं तत्सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ २ ॥ सूतं दशभिराहत्य रथं त्रिंशद्भिरेव च ॥ ध्वजं चिच्छेद भल्लेन निषादस्य जगत्पतिः ॥ ३ ॥ ततः परं महच्चापं निषादो वीर्यसंमतः ॥ दृढमौर्व्या समायुक्तं दशतालप्रमाणतः ॥ ४ ॥ कामपालं शरेणाशु जघान जनमध्यतः ॥ बलदेवो महावीर्यः सर्पः शेष इव श्वसन् ॥ ५ ॥ दशभिस्तद्धनुर्दिव्यं शरैः सर्पसमैर्बलः ॥ चिच्छेद मुष्टिदेशे तु माधवो माधवाग्रजः ॥ ६ ॥ एकलव्यो निषादेशः खड्गमादाय सत्वरः ॥ प्राहिणोद्बलमादाय निशितं घोरविग्रहम् ॥ ७ ॥ तमन्तरे पटुर्वीरो वृष्णिवीरः प्रतापवान् ॥ तिलशः पञ्चभिर्बाणैश्चकार यदुनन्दनः ॥ ८ ॥ ततोऽपरं महत्खड्गं सर्वकालायसं शुभम् ॥ प्राहिणोत्सारथेः कायमालोक्याथ निषादजः ॥ ९ ॥ तं चापि दशभिर्वीरो माधवो यदुनन्दनः ॥ बाह्वोरन्तरयोश्चैव निर्बिभेद महारणे ॥ १० ॥ ततः शक्तिं समादाय घण्टामालाकुलां नृप ॥ निषादो बलदेवाय

बाणोंसे उसके रथको छिन्न-भिन्न कर दिया। उसके बाद एक भल्लास्त्रसे निषादराज एकलव्यकी ध्वजा काट डाली ॥ ३ ॥ तदनन्तर बलवान् निषादराजने दृढ़तर प्रत्यञ्चायुक्त एवं दस ताल प्रमाण उच्च एक दूसरा धनुष लेकर सबके समक्ष बलवान् बलरामको बाणविद्ध कर दिया। परम पराक्रमी बलरामने शेषनागके समान दीर्घ श्वास लेकर दस सर्पसदृश बाणोंसे फिर एकलव्यके धनुषका मुष्टिप्रदेश काट डाला ॥ ४—६ ॥ तदनन्तर निषादपति एकलव्यने शीघ्र एक भयानक खड्ग लेकर बलरामपर प्रहार किया, किन्तु रणपटु वृष्णिवीर परम प्रतापी बलरामने खड्ग अपने ऊपर गिरनेके पहले ही पाँच बाणोंसे काटकर छिन्न-भिन्न कर दिया ॥ ७ ॥ ८ ॥ तदनन्तर एकलव्यने एक दूसरा काले लोहेका बना हुआ खड्ग उठाया और उससे बलरामके सारथीपर प्रहार कर दिया ॥ ९ ॥ किन्तु यदुनन्दन वीर बलरामने अपने दस बाणोंसे उसके हाथमें ही खड्गको काटकर तिल-तिल कर डाला ॥ १० ॥ तदनन्तर निषादराज एकलव्यने घंटामाला-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समाकुल एक शक्ति लेकर बलदेवके ऊपर फेंकी और बड़े जोरसे सिंहगर्जन किया। वह सर्वकल्याणी शक्ति बलरामके समीप पहुँची, तैसे ही उन्होंने उसे हाथसे थाम्ह लिया और उसी शक्तिके द्वारा निषादराज एकलव्यकी छातीपर निर्मम प्रहार कर दिया। महाबली बलरामका यह कौशल देखकर वहाँ उपस्थित सब लोग चकित हो गये। उसे अपनी ही शक्तिसे आहत होकर निषादेश व्याकुल हो उठा और वहाँ ही धरतीपर गिर पड़ा। उस समय उसके प्राण संशयमें थे ॥ ११–१५ ॥ उसके इस दशामें पहुँचते ही वहाँ उपस्थित एकलव्यके अट्ठासी हजार महाबली निषादसैनिक गदा, खड्ग, धनुष, बाण, परशु, पट्टिश, शूल, परिघ, प्रास, तोमर, भाले और कुठार आदि विविध शस्त्रास्त्र लेकर यादव महावीरोंपर उसी तरह टूट पड़े, जैसे फतिंगे प्रज्वलित अग्निपर टूटते हैं। रणभूमिमें पहुँचते ही वे बलरामपर कुठार, भाले, परशु, गदा एवं शक्ति आदि शस्त्रास्त्रोंका प्रहार करके मारने लगे ॥ १६–२० ॥ तदनन्तर

प्रेषयित्वा महाबलः ॥ ११ ॥ सिंहनादं महाघोरमकरोत्स निषादपः ॥ सा शक्तिः सर्वकल्याणी बलदेवमुपागमत् ॥ १२ ॥ उत्पतन्तीं महाघोरां बलभद्रः प्रतापवान् ॥ आदायाथ निषादेशं सर्वान्विस्मापयन्निव ॥ १३ ॥ तथैव तं जघानाशु वक्षोदेशे च माधवः ॥ स तया ताडितो वीरः स्वशक्त्याथ निषादपः ॥ १४ ॥ विह्वलः सर्वगात्रेषु निपपात महीतले ॥ प्राणसंशयमापन्नो निषादो रामताडितः ॥ १५ ॥ निषादास्तस्य राजेन्द्र शतशोऽथ सहस्रशः ॥ अष्टाशीतिसहस्राणि निषादास्तस्य योधिनः ॥ १६ ॥ गदिनः खाड्गिनश्चैव महेष्वासा महाबलाः ॥ शरैरनेकसाहस्रैः शक्तिभिश्च परश्वधैः ॥ १७ ॥ गदाभिः पट्टिशैः शैलैः परिघैः प्रासतोमरैः ॥ कुन्तैरथ कुठारैश्च यादवानां महौजसाम् ॥ १८ ॥ शलभा इव राजेन्द्र दीप्यमानं हुताशनम् ॥ ते शरैः पातयांचक्रू रामं राममिवापरम् ॥ १९ ॥ केचित्कुठारैराजघ्नुः केचित्कुन्तैः परश्वधैः ॥ गदाभिः केचिदाघ्नन्ति शक्तिभिश्च तथा परे ॥ २० ॥ निजघ्नुः सहसा रामं स्फुरन्तं पावकं यथा ॥ ततः क्रुद्धो हली साक्षाद्धलमुद्यम्य सत्वरम् ॥ २१ ॥ सर्वानाकर्षयामास मुसलेन हि पीडयन् ॥ तं हन्यमाना राजेन्द्र निषादाः पर्वताश्रयाः ॥ २२ ॥ निपेतुर्धरणीपृष्ठे शतशोऽथ सहस्रशः ॥ क्षणेन तन्महाराज हत्वा सर्वान्महाबलान् ॥ २३ ॥ सिंहवद्व्यनदंस्तत्र तस्थौ रामो महाबलः ॥ ततो रात्रौ महाघोराः पिशाचाः पिशिताशनाः ॥ २४ ॥ आकृष्य शवयूथानि भक्षयन्तः समासते ॥ पिबन्तः शोणितं कोष्ठात्संछिद्य च शवं बहु ॥ २५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि एकलव्यसैन्यवधो नामैकोनशततमोऽध्यायः ॥ ९९ ॥

लांगलधरीने क्रुद्ध होकर अपना हल सम्हाला और उसीके द्वारा एक-एक करके उन निषादोंको खींच-खींचकर मूसलसे कूँचना आरम्भ कर दिया। हे महाराज! वे पर्वतीय निषाद बलदेवके द्वारा इस प्रकार मार खाकर सैकड़ों और हजारोंकी संख्यामें धराशायी हो गये। इस प्रकार क्षण ही भरमें समस्त महाबली निषादसेनाका संहार करके बलराम सिंहगर्जन करने लगे। रात्रिके समय युद्धभूमिमें मांसाहारी भयानक पिशाचगण वहाँ जाकर शवोंको घसीट तथा नोच-नोचकर खाने और रुधिर पीने लगे ॥ २१–२५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनशततमोऽध्यायः ॥ ९९ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(पौण्ड्रक-बलरामयुद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! आममांसाहारी पिशाच शव भक्षण करके अट्टहास करते हुए हँसने लगे । उनके उस हास्यशब्दसे सारी वसुन्धरा गूँज उठी ॥ १ ॥ मांसलोलुप राक्षसगण अत्यधिक रुधिरपान करके पैरसे शिखातक शवोंका मांस खाते हुए आनन्दके साथ नाचने लगे । काक, बलाका, गृध्र, बाज और शृगालगण घूम-घूमकर शवोंका मांस खाने लगे । उसी समय निषादराज एकलव्यकी मूर्छा दूर हो गयी ॥ २–४ ॥ होश आनेपर उसने अपनी समस्त पर्वतीय निषादसेना मरकर इधर-उधर छितरायी देखी । तब कुपित होकर उसने अपनी गदा उठायी और बड़े वेगसे बलरामकी ओर झपटा ॥ ५ ॥ पास पहुँचकर निषादेश एकलव्यने बलरामके कन्धेपर बड़ी जोरसे गदा मारी । तब मदमत्त हलधरने भी उस क्रूरपर एक गदाका प्रहार कर दिया । अब उन दोनोंमें गदायुद्ध होने लगा ॥ ६ ॥ ७ ॥ इस प्रकार वे दोनों वीर कुछ देर गदायुद्ध करते रहे । उनकी

वैशम्पायन उवाच ॥ क्रव्यादाः सर्वे एवाशु भक्षयन्तस्तदा शवम् ॥ हसन्तो विविधं घोरं नादयन्तो वसुन्धराम् ॥ १ ॥ राक्षसाश्च पिशाचाश्च पिबन्तः शोणितं बहु ॥ आशिखं भुञ्जते राजञ्छवस्य पिशिताशनाः ॥ २ ॥ नृत्यन्ति स्म तदा राजन्नगर्या रणतोषिताः ॥ काका बलाका गृध्राश्च श्येना गोमायवस्तथा ॥ ३ ॥ भक्षयन्तः प्रवर्तन्ते राक्षसाश्चैव दारुणाः ॥ एतस्मिन्नन्तरे वीरो निषादो लब्धसंज्ञकः ॥ ४ ॥ हतान्सर्वान्समालोक्य निषादान्नगचारिणः ॥ गदामादाय कुपितो राममेव जगाम ह ॥ ५ ॥ जघान गदया राजंश्छत्रदेशे निषादपः ॥ ततो रामो गदी राजन्निषादं बाहुशालिनम् ॥ ६ ॥ आजघ्ने गदया क्रूरं मदमत्तो हलायुधः ॥ तयोश्च तुमुलं युद्धं गदाभ्यां समवर्त्तत ॥ ७ ॥ आकाशे शब्द आसीत्तु तयोर्युद्धे महाभुज ॥ समुद्राणां तथा घोषः सर्वेषां सन्निगच्छताम् ॥ ८ ॥ कल्पक्षये महाराज शब्दः सुतुमुलोऽभवत् ॥ क्षोभितो नागराजश्च नागाः क्षोभं समाययुः ॥ ९ ॥ पृथिवी चान्तरिक्षं च सर्वं शब्दमयं बभौ ॥ ततः स पौण्ड्रको राजा सात्यकिं वृष्णिनन्दनम् ॥ १० ॥ गदयैव जघानाशु सत्वरं रणकोविदः ॥ युयुधानो बली राजन्वासुदेवं जघान ह ॥ ११ ॥ तयोश्च तुमुलः शब्दः प्रादुरासीन्महारणे ॥ चतुर्णां युध्यतो राजन्परस्परवधैषिणाम् ॥ १२ ॥ ब्रह्माण्डक्षोभणो राजञ्छब्द आसीत्सुदारुणः ॥ ततो रजः प्रादुरभूत्तस्मिन्संग्राममूर्धनि ॥ १३ ॥ तारका निष्प्रभा राजंस्तमस्येवं

गदाके आघात-प्रत्याघातका शब्द आकाशमण्डलमें व्याप्त हो गया । प्रलयकालमें समग्र समुद्र एक साथ उच्छ्वसित होकर जब परस्पर एक दूसरेमें मिल जाते हैं, उस समय जैसा विकराल शब्द होता है । उसी प्रकारका शब्द उन दोनोंके गदायुद्धके समय होने लगा । उस शब्दसे नागगण एवं नागाधिपति शेषभगवानतक क्षुब्ध हो उठे ॥ ८ ॥ ९ ॥ पृथिवी और आकाश सर्वत्र वह शब्द व्याप्त हो गया । इधर उसी समय रणकुशल राजा पौंड्रने वृष्णिनन्दन सात्यकिपर बड़ी शीघ्रताके साथ एक गदाका प्रहार किया । बलवान् युयुधानने भी पौंड्रपर गदाका प्रहार कर दिया ॥ १० ॥ ११ ॥ इस प्रकार चार-चार महावीर परस्पर एक दूसरेका विनाश कर देनेके लिए तुमुल युद्धमें प्रवृत्त हो गये ॥ १२ ॥ उस समय जैसा भीषण शब्द होने लगा, उससे एक साथ समस्त ब्रह्माण्ड क्षुब्ध हो उठा । धीरे-धीरे उन वीरोंके संघर्षसे रणभूमिमें धूल उड़ने लगी । जिससे समस्त तारकामंडल धूमिल हो गया और चारों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ओर अन्धकार छा गया। जिससे कुछ भी नहीं दिखायी देता था। सबेरे उषाका उदय होनेपर ही वह अन्धकार दूर हुआ ॥ १३ ॥ १४ ॥ उस समय पूर्व दिशामें भगवान सूर्य उदित हुए और चन्द्रदेव पश्चिम दिशामें अस्त हो गये। सूर्योदय हो जानेपर भी देवासुरसंग्रामके समान उन चारों महावीरोंमें भयानक युद्ध होता ही रहा ॥ १५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां शततमोऽध्यायः ॥ १०० ॥

(पौंड्रक और श्रीकृष्णमें मुठभेड़) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! विमल प्रातःकाल उपस्थित होनेपर जगत्पति देवकीनन्दन भगवान कृष्णने बदरिकाश्रमसे द्वारकापुरी जानेका निश्चय किया ॥ १ ॥ ऐसी अभिलाषा करके उन्होंने वहाँके मुनियोंको नमस्कार किया और उनसे विदा ली। तदनन्तर गरुड़पर आरूढ़ होकर वे बड़े वेगसे चल पड़े ॥ २ ॥

क्षयं गते ॥ उषसि प्रतिबुद्धायां ततो निःशेषतां ययौ ॥१४॥ उदितो भगवान्सूर्यश्चन्द्रश्च क्षयमाययौ ॥ तयोर्युद्धं प्रादुरभूच्चतुर्णां बाहुशालिनाम् ॥ देवासुरसमं राजन्नुदिते भास्करे महत् ॥ १५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पौण्ड्रकयुद्धे शततमोऽध्यायः ॥१००॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रभाते विमले भगवान्देवकीसुतः ॥ गन्तुमैच्छज्जगन्नाथः पुरं बदरिकाश्रमात् ॥ १ ॥ नमस्कृत्य मुनीन्सर्वान् ययौ द्वारवतीं नृप ॥ आरुह्य गरुडं विष्णुर्वेगेन महता प्रभुः ॥ २ ॥ सुमहाञ्छुश्रुवे शब्दस्तेषां युद्धं प्रकुर्वताम् ॥ गच्छता देवदेवेन पुरीं द्वारवतीं नृप ॥ ३ ॥ अचिन्तयज्जगन्नाथः को न्वयं शब्द उत्थितः ॥ संग्रामसंभवो घोर आर्यशैनेयसंयुतः ॥ ४ ॥ व्यक्तमागतवान्पौण्ड्रो नगरीं द्वारकामनु ॥ तेन युद्धं समभवत्पौण्ड्रकेण दुरात्मना ॥ ५ ॥ यदूनां वृष्णिवीराणां युद्ध्यतामितरेतरम् ॥ शब्दोऽयं सुमहान्व्यक्तो नात्र कार्या विचारणा ॥ ६ ॥ इत्येवं चिन्तयित्वा तु दध्मौ शंखं महारवम् ॥ पाञ्चजन्यं हरिः साक्षात्प्रीणयन्वृष्णिपुङ्गवान् ॥ ७ ॥ रोदसी पूरयामास तेन शब्देन केशवः ॥ यादवा वृष्णयश्चैव श्रुत्वा शंखस्य ते रवम् ॥ ८ ॥ व्यक्तमायाति भगवान्पाञ्चजन्यरवो ह्ययम् ॥ इति ते मेनिरे राजन्वृष्णयो यादवास्तथा ॥ ९ ॥ निर्भयाः समपद्यन्त वृष्णयो यादवाश्च ते ॥ तस्मिन्नेव क्षणे दृष्टस्तार्क्ष्यश्च पततां वरः ॥ १० ॥ ततश्च देवकीसूनुर्दृष्टस्तैर्यादवेश्वरः ॥ सूताश्च

द्वारका जाते समय मार्गमें ही उन्होंने उस घोरतर संग्रामका कोलाहल सुना ३॥ सो सुनकर जगन्नाथ भगवान कृष्ण सोचने लगे कि 'यह कोलाहलका शब्द कहाँसे आ रहा है ? मेरा ऐसा अनुमान है कि आर्य सात्यकिका यह संग्रामशब्द सुनायी दे रहा है ॥ ४ ॥ इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि पौंड्र द्वारकापुरी पहुँच गया है और उसीके साथ सात्यकिका युद्ध हो रहा है। उसी युद्धका यह शब्द सुनायी देता है। इसमें कोई संशय नहीं है' ॥५॥६॥ ऐसा विचार करके भगवान कृष्णने वृष्णिवीरोंको आनन्दित करनेके लिए महाशब्दसम्पन्न अपना पाञ्चजन्य शंख बजाया। उस शब्दसे समस्त आकाशमंडल परिपूर्ण हो गया। शंखका शब्द सुनकर यादवों और वृष्णिवीरोंको विश्वास हो गया कि यह शब्द पाञ्चजन्य शंखका है। इससे ज्ञात होता है कि भगवान आ रहे हैं ॥ ७–९ ॥ अब उन यादव वीरोंके मनमें नये साहसका संचार हो गया और वे निर्भीक हो गये। उसी समय पक्षिराज गरुडपर आरूढ़

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यादवेश्वर देवकीनन्दन कृष्णको लोगोंने आते देखा। उन्हें देखते ही सूत और बन्दीजन आगे बढ़कर उन कमललोचन सर्वेश्वर कृष्णभगवानकी स्तुति करने लगे ॥ १० ॥ ११ ॥ तत्काल यादवोंने उन्हें चारों ओरसे घेर लिया। उस समय गरुड़से उतरकर श्रीकृष्णने कहा—'हे गरुत्मान्! तुम यहाँसे स्वर्ग चले जाओ।' ऐसा कहकर उन्होंने गरुड़ को विदा कर दिया और दारुक सारथीसे कहा—'दारुक! शीघ्र मेरा रथ ले आओ।' दारुकने 'बहुत अच्छा' कहकर तत्काल रथ उपस्थित कर दिया ॥ १२–१४ ॥ फिर कहा—'भगवन्! रथ उपस्थित है। अब और क्या करना होगा सो बताइये।' ऐसा कहकर दारुक रथके साथ उनके समक्ष खड़ा हो गया ॥ १५ ॥ गरुड़के चले जानेपर भगवान कृष्ण रथपर सवार हुए और बड़े वेगके साथ उस ओर बढ़े, जहाँ युद्ध हो रहा था ॥१६॥ रणभूमिमें योद्धाओंके बीच पहुँचते ही यादवेश्वर कृष्णने अपना पाञ्चजन्य शंख बजाया ॥१७॥ पौण्ड्र वासुदेवने जब भगवान कृष्णको युद्धके लिये उत्सुक देखा तो

मागधाश्चैव पुरो यान्ति जगत्पतेः ॥११॥ स्तुत्वा स्तुतं हरिं विष्णुमीश्वरं कमलेक्षणम् ॥ ततश्च यादवाः सर्वे परिवव्रुर्जनार्दनम् ॥ १२ ॥ कृष्णस्तु गरुडं भूयो गच्छ त्वं नाकमुत्तमम् ॥ इत्युक्त्वा गरुडं विष्णुर्विसृज्य यदुनन्दनः ॥ १३ ॥ दारुकं पुनराहेदं रथमानय मे प्रभो ॥ स तथेति प्रतिज्ञाय रथमादाय सत्वरम् ॥ १४ ॥ रथोऽयं भगवन्देव किमतः कृत्यमस्ति मे ॥ इत्युक्त्वा रथमादाय प्रणम्याग्रे स्थितो हरेः ॥ १५ ॥ गतेऽथ गरुडे विष्णू रथमारुह्य सत्वरम् ॥ यत्र युद्धं समभवत्तत्र याति स्म केशवः ॥ १६ ॥ तत्र गत्वा महाराज युध्यतां च महात्मनाम् ॥ पाञ्चजन्यं महाशङ्खं दध्मौ यदुवृषोत्तमः ॥ १७ ॥ पौण्ड्रोऽथ वासुदेवस्तु कृष्णं दृष्ट्वा रणोत्सुकम् ॥ सात्यकिं पृष्ठतः कृत्वा वासुदेवमुपागमत् ॥ १८ ॥ क्रुद्धोऽथ सात्यकी राजन्वारयामास पौण्ड्रकम् ॥ न गन्तव्यमितो राजन्नैष धर्मः सनातनः ॥ १९ ॥ जित्वा मां गच्छ राजेन्द्र परं योद्धुं महारणे ॥ क्षत्रियोऽसि महावीर स्थिते मयि रणोत्सुके ॥ २० ॥ एष ते गर्वमखिलं नाशयिष्यामि संयुगे ॥ इत्युक्त्वा चाग्रतस्तस्थौ गच्छतो यादवेश्वरः ॥ २१ ॥ पौण्ड्रस्य शिनिनप्ता तु पश्यतः केशवस्य ह ॥ अवज्ञाय शिनेः पौत्रं कृष्णमेव जगाम ह ॥ २२ ॥ निर्भर्त्स्य सहसा भूयः सात्यकिः क्रोधमूर्च्छितः ॥ गदया प्राहरत्पौण्ड्रं वासुदेवस्य पश्यतः ॥ २३ ॥ यथाप्राणं यथायोगं सात्यकिः सत्यविक्रमः ॥ दृष्ट्वाऽथ भगवानेवं सात्यकिं प्रशशंस ह ॥ २४ ॥ निवार्य सात्यकिं कृष्णो यथेष्टं क्रियतामसौ ॥ उपारमद्यथायोगं सात्यकिः कृष्णवारितः ॥ २५ ॥ स ततः पौण्ड्रको राजा वासुदेवमुवाच

सात्यकिको छोड़कर उनके सम्मुख जा उपस्थित हुआ ॥१८॥ तब सात्यकिने बड़े क्रोधके साथ डाँटते हुए कहा—'राजन्! मुझे छोड़कर दूसरेके पास जाना उचित नहीं है। मुझे पराजित करनेके बाद तुम्हारी जहाँ इच्छा हो, वहाँ जा सकते हो। यही सनातनधर्म है। हे वीरवर! तुम क्षत्रिय हो। मेरे रणोत्सुक रहते तुम्हारा अन्यत्र जाना धर्मसंगत नहीं कहा जा सकता ॥१९॥२०॥ 'अच्छा ठहरो, अभी मैं तुम्हारा गर्व दूर किये देता हूँ।' ऐसा कहकर सात्यकि उसके सामने खड़े हो गये ॥२१॥ यह सब बातें भगवान कृष्णके समक्ष हो रही थीं। किन्तु पौण्ड्र उनके वचनकी अवज्ञा करता हुआ भगवान कृष्णकी ही ओर बढ़ता रहा ॥२२॥ तब सात्यकिने क्रोधसे अधीर होकर उसकी भर्त्सना करते हुए अपनी पूर्ण शक्तिसे भगवानके समक्ष पौण्ड्रके ऊपर अपनी गदाका प्रहार किया ॥ २३ ॥ सात्यकिकी यह वीरता देखकर भगवान कृष्ण उनकी प्रशंसा करने लगे ॥ २४ ॥ बादमें उन्हें रोकते हुए श्रीकृष्णने कहा—'सात्यके! उसकी जैसी रुचि हो, वहो करने दो।'

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस प्रकार भगवानके निवारण करनेपर सात्यकि शान्त हो गये ॥ २५ ॥ तदनन्तर नरपति पौंड्रने श्रीकृष्णको सम्बोधित करके कहा—'हे यादव ! हे गोपाल ! अबतक तुम कहाँ थे ? मैं भी वासुदेव हूँ और तुम्हारा साक्षात्कार करने आया हूँ । अभी मैं तुम्हारा और तुम्हारी सेनाका संहार करके संसारमें अकेला वासुदेव रह जाऊँगा । तुम्हारे पास जो अत्यधिक तेजस्वी चक्र है, उसने मुझे बहुत सताया है । अतएव मैं इन सब क्षत्रियोंके सम्मुख ही तुम्हारा चक्रबल नष्ट करूँगा । केवल तुम्हीं शार्ङ्ग धनुर्धारी नहीं हो । मेरे पास भी शार्ङ्ग धनुष है ॥ २६–३० ॥ तुम शंखधारी कहलाते हो सो तुम्हारा यह गर्व भी अब नहीं रहेगा । मैं भी शंख-चक्र-गदाधारी हूँ । संसारके सभी बलवान् व्यक्ति मुझे शंख-चक्र-गदाधर कहते हैं । तुमने बाल्यकालमें बहुतेरे दुर्बल, वृद्ध, अज्ञ, स्त्रियों और बालकोंका संहार किया है । तुमने गोहत्या भी की है । उसीसे तुम्हें अपनी वीरतापर बहुत गर्व हो गया है । अतएव आज मैं तुम्हारा

ह ॥ भो भो यादव गोपाल इदानीं क्व गतो भवान् ॥२६॥ त्वां द्रष्टुमथ संप्राप्तो वासुदेवोऽस्मि साम्प्रतम् ॥ हत्वा त्वां सबलं कृष्ण बलैर्बहुभिर-
न्वितः ॥ २७ ॥ अहमेको भविष्यामि वासुदेवो महीतले ॥ यच्चक्रं तव गोविन्द प्रथितं सुप्रभं महत् ॥ २८ ॥ अनेन तव चक्रेण पीडितोऽस्मि च
तद्रणे ॥ चक्रमस्तीति तद्वीर्यं तव माधव साम्प्रतम् ॥ २९ ॥ नाशयिष्यामि तत्सर्वं सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ शार्ङ्गीति मां विजानीहि न त्वं शार्ङ्गीति
शिष्यसे ॥ ३० ॥ शङ्खमस्तीति तद्वीर्यं तव माधव साम्प्रतम् ॥ नाशयित्वाऽऽहवे चाहं गदी चाहं जनार्दन ॥ ३१ ॥ मामेव हि सदा ब्रूयुर्जानन्तो
वीर्यशालिनः ॥ आदौ त्वं बलवद् वृद्धान्हत्वा स्त्रीबालकान्बहून् ॥ ३२ ॥ गाश्च हत्वा महागर्वस्तव सम्प्रति वर्त्तते ॥ तत्तेऽहं व्यपनेष्यामि यदि
तिष्ठसि मत्पुरः ॥ ३३ ॥ शस्त्रं गृहाण गोविन्द यदि योद्धुं व्यवस्थितः ॥ इत्युक्त्वा बाणमादाय तस्थौ पार्श्वे जगत्पतेः ॥ ३४ ॥ एतद्वचनमाकर्ण्य
वासुदेवस्य भाषितम् ॥ स्मितं कृत्वा हरिः कृष्णो बभाषे पौण्ड्रकं नृपम् ॥ ३५ ॥ कामं वद नृप त्वं हि पातक्यस्मि सदा नृप ॥ गोघाती
बालघाती च स्त्रीहन्ता सर्वथा नृप ॥ ३६ ॥ चक्री भव गदी राजञ्छार्ङ्गी च सततं भव ॥ नामधेयं वृथा मह्यं वासुदेवेति च प्रभो ॥ ३७ ॥
शार्ङ्गी चक्री गदी शंखीत्येवमादि वृथा मम ॥ किंतु वक्ष्यामि किंचित्तु शृणुष्व यदि मन्यसे ॥ क्षत्रिया बलिनो ये तु स्थिते मयि जगत्पतौ
॥ ३८ ॥ तथाऽनुब्रुवते त्वां हि जीवत्येव मयि प्रभो ॥ यत्ते चक्रं महाघोरमसुरान्तकरं महत् ॥ ३९ ॥ तत्तुल्यं मम चक्रं तु वृत्ततो

वह गर्व खर्व कर दूँगा । हाँ, यदि समरमें पीठ दिखाकर भाग गये तो बात दूसरी है ॥ ३१–३३ ॥ हे गोविन्द ! यदि मेरे साथ युद्ध करनेकी अभिलाषा हो तो शस्त्र सम्हालो ।' ऐसा कहकर पौण्ड्रने धनुष-बाण हाथमें लिया और जगत्पति कृष्णके समक्ष खड़ा हो गया ॥ ३४ ॥ वासुदेव भगवान कृष्ण उसके वचन सुनकर मुस्काये और कहा—"राजन् ! मैं पातकी सही, मुझे गोघाती, बालघाती और स्त्रीघाती आदि जो भी चाहो सो कह लो ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ मेरा शंख-चक्र-गदाधर एवं शार्ङ्गधनुर्धर नाम व्यर्थ है । इस समय तुम्हीं शंख-चक्र-गदा एवं शार्ङ्गधनुर्धारी बन जाओ । किन्तु मैं तुमसे कुछ कह रहा हूँ । तुम्हारी इच्छा हो तो उसे सुन लो । मुझ शासकके रहते कौन बलवान् क्षत्रिय तुम्हें वैसा कह सकता है ? तुमने असुरनाशन चक्रकी जो चर्चा की, सो यथार्थ है । रूप-रंगमें मेरे चक्र सदृश तुम्हारा चक्र भी हो सकता है—बलमें नहीं । इसके अतिरिक्त तुम्हारे जो अन्यान्य शस्त्रास्त्र हैं, वे भी केवल नाममें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समान हैं—गुणमें नहीं ॥ ३७–४० ॥ मैं एक तुच्छ गोप सही; किन्तु सर्वदा जीवोंको जीवनदान देता रहता हूँ । इस संसारमें मैं ही सबका रक्षक और दुष्टोंका शासक हूँ ॥ ४१ ॥ अतएव मैं जब शस्त्र धारण करके रणभूमिमें खड़ा हूँ, तब तुम मुझे पराजित किये बिना ही इस प्रकार डींग क्यों मार रहे हो ? ॥ ४२ ॥ यदि शक्ति हो तो मुझे मार डालनेके बाद इस प्रकारकी बातें कहो । मैं चक्र, धनुष, गदा और असि धारण करके रथपर बैठा हुआ तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हूँ । अब तुम भी कवच धारण कर लो और रथपर आरूढ़ होकर सुसज्जित हो जाओ । ऐसा कहकर भगवान कृष्ण सिंहगर्जन करने लगे ॥ ४३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायामेकोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०१ ॥

(पौण्ड्रकवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर परम प्रतापवान् वासुदेव कृष्णने एक तीक्ष्ण बाण लेकर उसीसे पौण्ड्रको बींध दिया ॥ १ ॥ तब पौण्ड्र वासुदेवने

न तु वीर्यतः ॥ आयुधेष्वथ सर्वत्र शब्दसादृश्यमस्ति ते ॥ ४० ॥ गोपोऽहं सर्वदा राजन्प्राणिनां प्राणदः सदा ॥ गोप्ता सर्वेषु लोकेषु शास्ता दुष्टस्य सर्वदा ॥४१॥कत्थनं सर्वकार्ये हि जित्वा शत्रून्नृपाधम ॥ अजित्वा किं भवान्ब्रूते स्थिते मयि च शस्त्रिणि ॥४२॥ हत्वा मां ब्रूहि राजेन्द्र यदि शक्तोऽसि पौण्ड्रक ॥ स्थितोऽहं चक्रमाश्रित्य रथी चापि गदासिमान् ॥ ४३ ॥ रथमारुह्य युद्धाय सन्नद्धो भव मानद ॥ इत्युक्त्वा भगवान्विष्णुः सिंहनादं व्यनीनदत् ॥४४॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां कृष्णपौण्ड्रकयुद्धं नामैकोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः शरं समादाय वासुदेवः प्रतापवान् ॥ पौण्ड्रं जघान सहसा निशितेन शरेण ह ॥ १ ॥ पौण्ड्रोऽथ वासुदेवस्तु शरैर्दशभिराशुगैः ॥ वासुदेवं जघानाशु वार्ष्णेयं वृष्णिनन्दनम् ॥ २ ॥ दारुकं पञ्चविंशत्या हयान्दशभिरेव च ॥ सप्तत्या वासुदेवं तु यादवं वासुदेवकः ॥ ३ ॥ ततः प्रहस्य सुचिरं केशवः केशिसूदनः ॥ दृष्टोऽसाविति मनसा संपूज्य यदुनन्दनः ॥ ४ ॥ आकृष्य शार्ङ्गं बलवान्संधाय रिपुसूदनः ॥ नाराचेन सुतीक्ष्णेन ध्वजं चिच्छेद केशवः ॥ ५ ॥ सारथेश्च शिरः कायादाहृत्य यदुनन्दनः ॥ अश्वांश्च चतुरो हत्वा चतुर्भिः सायकोत्तमैः ॥६॥ रथं राज्ञः समाहत्य तदोभौ पार्ष्णिसारथी ॥ चक्रं च तिलशः कृत्वा हसन्किञ्चिदिव स्थितः ॥७॥ पौण्ड्रको वासुदेवस्तु रथादुत्प्लुत्य सत्वरः ॥ आदाय निशितं खड्गं प्राहिणोत्केशवाय सः ॥ ८ ॥ स खड्गं शतधा कृत्वा तूष्णीमासीच्च केशवः ॥ ततः परं महाघोरं परिघं काल-

भी दस बाणोंसे श्रीकृष्णको विद्ध करके पचीस बाणोंसे उनके सारथी दारुकको, दस बाणोंसे उनके घोड़ोंको और सत्तर बाणोंसे भगवान कृष्णको विद्ध कर दिया ॥ २ ॥ ३ ॥ उसका यह साहस देखकर भगवान कुछ देर तक हँसते रहे । उन्होंने सोचा कि यह स्वयं मेरे समक्ष आ गया है । यही क्या कम है ॥ ४ ॥ इसके बाद भगवानने अपने शार्ङ्ग धनुषपर एक अतिशय तीक्ष्ण बाणका सन्धान किया और उसीसे पौण्ड्रके रथकी ध्वजा काटकर गिरा दी ॥ ५ ॥ उसके साथ ही सारथीका सिर भी कटकर गिर गया । इसके बाद उन्होंने चार बाणोंसे उसके चारों घोड़े समाप्त कर दिये ॥ ६ ॥ उसी प्रहारसे उसका रथ चूर-चूर हो गया और दो सहायक सारथी मर गये । रथके पहिए खण्ड-खण्ड होकर छितरा गये । उस समय भगवान मुसकराते हुए खड़े थे ॥ ७ ॥ तत्काल पौण्ड्रक वासुदेव रथसे कूद पड़ा और एक तीक्ष्ण खड्ग लेकर उसे भगवान कृष्णपर चला दिया ॥ ८ ॥ किन्तु उस खड्गके सौ खंड

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करके श्रीकृष्ण चुपचाप खड़े हो गये। तदनन्तर परम प्रतापी पौंड्रकने कालके समान भीषण परिघ लेकर सब राजाओंके समक्ष भगवानपर चला दिया ॥ ९ ॥ १० ॥ जगत्पति यदुनन्दन श्रीकृष्णने उस परिघके भी दो टुकड़े कर दिये। तदनन्तर पौंड्रने सहस्रधार, महाघोर, महातेजस्वी तथा तीस भार लोहसे निर्मित चक्र हाथमें लेकर भगवानसे कहा—"हे कृष्ण! मेरे इस अति तीक्ष्ण, भयानक और तुम्हारा चक्र नष्ट करनेवाले चक्रको देख लो। हे गोविन्द! हे अभिमानियोंके सरदार! इसी चक्रसे मैं इन सब राजाओंके समक्ष तुम्हारा दर्प दूर कर दूँगा। मैंने तुम्हारे लिए ही यह भयानक चक्र प्रस्तुत किया है ॥११–१४॥ हे हरे! हे कृष्ण! यदि तुममें शक्ति हो तो इस महान् चक्रका निवारण करो। ऐसा कह और सौगुने वेगसे घुमाकर उसने वह चक्र भगवानपर चला दिया। ऐसा करके वह घोर सिंहगर्जन करने लगा। भगवान देवकीनन्दन उसकी वीरता देखकर चकित हो गये ॥ १५–१७ ॥ उन्होंने पौंड्रके दुःसह

संमितम् ॥ ९ ॥ गृहीत्वा वासुदेवाय वासुदेवः प्रतापवान् ॥ प्राहिणोद्वृष्णिवीराय सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ १० ॥ तद्द्विधा जगतां नाथश्चकार यदुनन्दनः ॥ ततश्चक्रं महाघोरं सहस्रारं महाप्रभम् ॥ ११ ॥ त्रिंशद्भारसमायुक्तमायसास्यममित्रहा ॥ आदायाथ महाराज केशवं वाक्यमब्रवीत् ॥ १२ ॥ पश्येदं निशितं घोरं तव चक्रविनाशनम् ॥ अनेन तव गोविन्द दर्पं दर्पवतां वर ॥ १३ ॥ अपनेष्यामि वार्ष्णेय सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ त्वामुद्दिश्य महाघोरं कृतमन्यद्दुरासदम् ॥ १४ ॥ यदि शक्तो हरे कृष्ण दारयेदं महास्पदम् ॥ इत्युक्त्वा तच्छतगुणं भ्रामयित्वा महाबलः ॥ १५ ॥ चिक्षेपाथ महावीर्यः पौण्ड्रको नृपसत्तमः ॥ अवप्लुत्य ततो देशात्तदुत्सृज्य महाबलः ॥ १६ ॥ सिंहनादं महाघोरं व्यनद्वीर्यवांस्तदा ॥ ततो विस्मयमापन्नो भगवान्देवकीसुतः ॥१७॥ अहो वीर्यमहो धैर्यमस्य पौण्ड्रस्य दुःसहम् ॥ इति मत्वा जगन्नाथ उत्थितश्च रथोत्तमात् ॥ १८॥ ततः शिलां समादाय प्रेषयामास केशवम् ॥ तां शिलां प्रेषयामास तस्मै यदुकुलोद्वहः ॥ १९ ॥ पौड्रेण सुचिरं कालं विक्रीड्य भगवान्हरिः ॥ ततश्चक्रं समादाय निशितं रक्तभोजनम् ॥ २० ॥ दैत्यमांसप्रदिग्धाङ्गं नारीगर्भविमोचनम् ॥ शातकुम्भमयं घोरं दैत्यदानवनाशनम् ॥ २१ ॥ सहस्रारं शतारं तदद्भुतं दैत्यभीषणम् ॥ ऐश्वर्यवर्म परमं नित्यं सुरगणार्चितम् ॥ २२ ॥ विष्णुः कृष्णस्तथा शार्ङ्गी नित्ययुक्तः सदा हरिः ॥ जघान तेन गोविन्दः पौण्ड्रकं नृपसत्तमम् ॥२३॥ तस्य देहं विदार्याशु चक्रं पिशितभोजनम् ॥ कृष्णस्याथ करं भूयः प्राप सर्वेश्वरस्य ह ॥ २४ ॥ ततः स पौण्ड्रको राजा

पराक्रम और धैर्यकी भूरि-भूरि प्रशंसा को और रथपर खड़े हो गये ॥ १८ ॥ तदनन्तर पौंड्रने एक बहुत विशाल शिलाखंड लेकर भगवानके ऊपर फेंका। किन्तु यदुकुलतिलक भगवान कृष्णने वह शिला हाथमें ही रोक ली और उसे पौंड्रके ऊपर फेंक दिया ॥१९॥ भगवान इस प्रकार बड़ी देरतक पौंड्रकके साथ खेलवाड़ करते रहे। इसके बाद उन्होंने अपने तीक्ष्ण, शोणित-शोषण, नारीगर्भविमोचन, दैत्यमांसदिग्ध, दानवहन्ता तथा स्वर्णखचित सहस्रार चक्रका प्रयोग किया। उनके चक्रको देखकर दैत्यगण सदा सशंक रहा करते और देवता नित्य उसकी पूजा करते थे ॥ २०–२२ ॥ उस चक्रकी अपार महिमा थी। भगवान शार्ङ्गधनुर्धर कृष्णके पास वह चक्र सदा विद्यमान रहता था। सो भगवानने नृपसत्तम पौंड्रपर उस चक्रका प्रहार कर दिया। वह मांसभोजी चक्र पौंड्रका शरीर विदीर्ण करके फिर भगवानके हाथमें लौट आया ॥ २३ ॥ २४ ॥ इधर नरपति पौंड्र मरकर धरतीपर गिर गया। इस प्रकार पौंड्रका वध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो जानेपर यादवगण भगवान कृष्णकी पूजा करने लगे। वहाँसे दुर्विज्ञेयगति श्रीकृष्ण अपनी सुधर्मा सभामें जा पहुँचे ॥ २५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेज-पाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां द्व्युपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०२ ॥

(पौण्ड्रकवध-कथाकी समाप्ति) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इधर महाबली और परम पराक्रमी बलरामने निषादपति एकलव्यके वक्षःस्थलपर एक भयावनी शक्तिका प्रहार करके सिंहगर्जन किया ॥ १ ॥ उस आघातसे अतिशय कुपित एकलव्यने भी मदमत्त एवं महाबली बलदेवकी छातीपर गदाका प्रहार किया ॥ २ ॥ इस प्रकार आहत होकर वृष्णिपुंगव बलरामने दोनों हाथोंमें प्राणविनाशिनी तथा घोरतर गदा ली। उसे देखकर एकलव्य बहुत डर गया और रणभूमिसे सीधे समुद्रकी ओर भागा ॥ ३ ॥ ४ ॥ बलदेव भी हाथमें गदा लिये उसके

गतासुः प्रापतद्भुवि ॥ निहत्य भगवान्विष्णुर्दुर्विज्ञेयगतिः प्रभुः ॥ प्रतिपेदे सुधर्मां तु यादवैः पूजितो हरिः ॥ २५ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां पौण्ड्रकवासुदेववधो नाम द्व्युपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०२ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ निषादेशं ततो रामः शक्त्या वीर्यवतां वरः ॥ आजघान स्तनद्वन्द्वे सिंहनादं व्यनीनदत् ॥ १ ॥ ततः क्रुद्धो निषादेशो रामं मत्तं महाबलम् ॥ गदया लोकविख्यातो जघान स्तनवक्षसि ॥ २ ॥ आहतः स तु तेनाशु बलभद्रो महाबलः ॥ उभाभ्यां चैव रामस्तु कराभ्यां वृष्णिपुङ्गवः ॥ ३ ॥ गदां गृह्य महाघोरामायान्तीं प्राणहारिणीम् ॥ दुद्रावाथ निषादेशः समुद्रं मकरालयम् ॥ ४ ॥ धावत्येवं तदा राज्ञि एकलव्ये निषादपे ॥ धावत्येवं च रामोऽपि यत्र यातो निषादपः ॥५॥ सागरं स प्रविश्याशु गत्वा योजनपञ्चकम् ॥ भीत एव तदा राजन्नेकलव्यो निषादपः ॥ ६ ॥ कश्चिद्द्वीपान्तरं राजन्प्रविश्य न्यवसत्तदा ॥ ततो रामो निषादेशं जिगाय यदुनन्दनः ॥ ७ ॥ तां सभां मणिरत्नाढ्यां प्रविवेश हलायुधः ॥ सात्यकिर्युद्धसंसक्तस्तां सभां प्रविवेश ह ॥ ८ ॥ अन्ये च यादवा राजन् यथायोगमुपस्थिताः ॥ आसीनेषु च सर्वेषु वृष्णिवीरेषु सर्वतः ॥९॥ अभिवाद्य यथायोगं वृष्णीन्सर्वांश्च केशवः ॥ उवाच वचनं काले भगवान्देवकीसुतः ॥ १० ॥ दृष्ट कैलासशिखरं शंकरो नीललोहितः ॥ स तु मह्यं यदुवराः प्रीतिमांश्च ददौ वरम् ॥ ११ ॥ तत्र देवाः समायाता मुनयश्च तपोधनाः ॥ दृष्ट्वा मां शंकरश्चैव प्रीतः स्तुत्वा समाययौ ॥ १२ ॥

पीछे-पीछे दौड़ने लगे। एकलव्य इस प्रकार पाँच योजन दूरी तक भागनेके बाद समुद्रमें कूदकर गोता लगा गया और वह जलके भीतर ही भीतर चलकर एक द्वीपमें जा निकला और वहाँ ही बस गया। इस प्रकार एकलव्यके पराजित हो जानेपर यदुनन्दन बलराम लौट पड़े। वहाँसे चलकर वे मणि-रत्नसुशोभित यादवी सभामें जा पहुँचे। उसी समय युद्धासक्त सात्यकि भी उस सभामें प्रविष्ट हुए ॥ ५–८ ॥ कुछ देर बाद अन्यान्य यादव भी सभामें आ गये। इस प्रकार जब सब वृष्णिवीर आ-आकर बैठ गये, तब भगवान कृष्णने उनका यथोचित सम्मान करनेके बाद कहा—॥ ९ ॥ १० ॥ कैलास पर्वत बड़ा ही रमणीक स्थान है। उसे देखकर मैंने वहाँ शंकर भगवानका भी साक्षात्कार कर लिया। हे यादववीरों ! मुझपर प्रसन्न होकर उन्होंने वरदान भी दिया है ॥ ११ ॥ वहाँपर बहुतेरे देवता और तपोधन मुनि भी आयें थे। उसी समय महादेवजी भी आये और मेरी स्तुति करते हुए आये चले गये ॥ १२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किन्तु वहाँ मैंने एक आश्चर्यकी बात देखी। एक रोज रात्रि के समय दो भयानक पिशाच मृगया करते हुए मेरे सम्बन्धमें बातें कर रहे थे। धीरे-धीरे वे मेरे पास आये। मुझे देखकर वे बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने बड़ी श्रद्धाके साथ मुझे प्रणाम किया। उसके बाद उन दोनों पिशाचोंने तपस्या आरम्भ कर दी। उनकी असाधारण भक्ति देखकर मैंने उन्हे स्वर्गपद प्रदान कर दिया ॥१३–१५॥ तदनन्तर भगवान शंकरको प्रसन्न करके मैं आज ही वहाँसे आया हूँ। वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इसके बाद सभी यादव देवदेव श्रीकृष्णकी प्रशंसा करते हुए बोले–"आपके आश्रयमें रहकर हम लोग सर्वथा कृतकृत्य हो गये हैं।" ऐसा कहकर वे सब अपने-अपने घर चले गये ॥ १६ ॥ १७ ॥ इधर जगत्पति भगवान कृष्ण भी अपने भवनमें गये और वहाँ रुक्मिणी-सत्यभामा आदि पटरानियोंको कैलासयात्राका सब सही-सही वृत्तान्त बताया ॥ १८ ॥ वे रानियाँ भी भगवान कृष्णसे मिलकर बहुत प्रसन्न हुईं। वैशम्पायन

अत्यद्भुतं मया दृष्टं रात्रौ यादवसत्तमाः ॥ पिशाचौ द्वौ महाघोरौ वदन्तौ मामिकां कथाम् ॥१३॥ मृगयां चक्रतुस्तौ तु चिन्तयन्तौ तु मां सदा ॥
दृष्ट्वा मां तौ तु राजेन्द्राः प्रीतिमन्तौ तपस्विनौ ॥ १४ ॥ भक्तिनम्रौ महात्मानौ प्रणामं चक्रतुस्तदा ॥ ततोऽहं सर्वथा प्रीतस्तौ नीतौ स्वर्गमुत्त-
मम् ॥१५॥ तोषयित्वा महादेवं मया चाद्य समागतम् ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ ततस्ते वृष्णयः सर्वे देवदेवं शशंसिरे ॥ १६ ॥ सर्वथा कृतकृत्यास्ते
वृष्णयः केशवाश्रयाः ॥ यादवाः सर्व एवैते स्वं स्वं जग्मुर्यथालयम् ॥ १७ ॥ अभ्यन्तरे जगन्नाथः प्रविश्य हरिरीश्वरः ॥ रुक्मिणीसत्यभामा-
भ्यामाचचक्षे यथाऽभवत् ॥ १८ ॥ ते प्रीते प्रीतियुक्तेन केशवेन समन्विते ॥ एतत्ते सर्वमाख्यातं केशवस्य विचेष्टितम् ॥ १९ ॥ शशास पृथिवीं
कृत्स्नां दुष्टान् हत्वा महाबलान् ॥ नरकं घोरकर्माणं पौण्ड्रकं नृपसत्तमम् ॥ २० ॥ हयग्रीवं निशुम्भं च तथा सुन्दोपसुन्दकौ ॥ ररक्ष विप्रान्देवेशो
मुनीन्मुनिवरार्चितः ॥२१॥ विप्रेभ्यश्च ददौ वित्तं गाश्च दत्त्वा स केशवः ॥ अग्निहोत्रं प्रयुञ्जानो ब्राह्मणाँश्च सुतर्पयन् ॥ २२ ॥ मुनींश्च ब्रह्मचर्येण
देवान् यज्ञैरनेकधा ॥ स्वधया च पितॄन्सर्वान्प्रीणयन्नेव सर्वदा ॥२३॥ तस्मिञ्छासति देवेशे राज्यं निष्कण्टकं प्रभो ॥ सुखमेव प्रजाः सर्वा जीवन्ति
ब्राह्मणादयः ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि कैलासयात्रायां पौण्डकवधकथासमाप्तौ त्र्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०३ ॥

कहते हैं—हे महाराज ! इस प्रकार मैंने भगवान कृष्णका समस्त चरित्र कह सुनाया ॥ १९ ॥ उन महापुरुषने क्रूरकर्मा नरकासुर, नृपसत्तम पौण्ड्रक, हयग्रीव, निशुम्भ, सुन्द, उपसुन्द आदि दुष्टोंका वध करके समस्त पृथिवीपर शासन किया। उनके ऐसा करनेसे अगणित मुनिजन और ब्राह्मणगण निरापद हो गये। तदनन्तर उन्होंने ब्राह्मणोंको प्रचुर धनदान तथा गोदान दिया। इसके बाद वे अग्निहोत्र द्वारा ब्रह्मणोंको, ब्राह्मचर्यके अनुष्ठान द्वारा मुनियोंको, विविध यज्ञोंके अनुष्ठान द्वारा देवताओंको और स्वधादान (श्राद्धादि) के द्वारा पितरोंको तृप्त करते रहे ॥ २०–२३ ॥ उनके शासनकालमें राज्य सर्वथा निष्कण्टक था और ब्राह्मणादि प्रजावर्गके लोग सब प्रकारसे सानन्द जीवन यापन करते थे ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्र्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(हंस-डिम्भकोपाख्यान) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे तपोधन ! शंख-चक्र-गदाधर भगवान कृष्णका चरित्र बार-बार सुनकर भी मुझे तृप्ति नहीं हो रही है। अतएव मेरी ऐसी इच्छा है कि आप मुझे और भी विस्तृतरूपसे उनका पावन चरित्र सुनाइए। क्योंकि भगवान चक्रपाणिका चरित्र रात-दिन सुन और स्मरण करके भी कोई कदापि तृप्त नहीं हो सकता। भगवानकी कथा एक अद्वितीय पुरुषार्थ है ॥ १–३ ॥ इस समय मेरी यह जिज्ञासा है कि भगवान कृष्णके साथ हंस और डिम्भकका लोकविस्मयकारी युद्ध क्यों हुआ ? ॥ ४ ॥ दैत्यवर विचक्र दानवके साथ उनके युद्धका क्या कारण था ? मैंने सुना है कि उनके साथ विचक्रकी मित्रता थी ॥ ५ ॥ वे हंस और डिम्भक बड़े बलवान्, सब शस्त्रास्त्रोंमें निपुण और भार्गवके शिष्य थे। उन दोनोंने विष्णुभगवानसे वरदान भी पाया था ॥६॥ जो भी हो, वे दोनों किसके पुत्र थे ? उनमें युद्ध क्यों हुआ ? दैत्यवर विचक्रके पास

जनमेजय उवाच ॥ भूय एव द्विजश्रेष्ठ शङ्खचक्रगदाभृतः ॥ चरितं श्रोतुमिच्छामि विस्तरेण तपोधन ॥ १ ॥ न हि मे तृप्तिरस्तीह शृण्वतः कैशवीं कथाम् ॥ को नु नाम हरेर्विष्णोर्देवदेवस्य चक्रिणः ॥ २ ॥ शृण्वंस्तथा स्मरन्वाऽपि तृप्तिं याति दिवानिशम् ॥ पुरुषार्थोऽयमेवैको यत्कथाश्रवणं हरेः ॥ ३ ॥ कथमासीज्जगद्धेतोर्हंसस्य डिम्भकस्य च ॥ समितिः सर्वभूतानां सदा विस्मयदायिनी ॥ ४ ॥ विचक्रस्य कथं युद्धं दानवस्य महात्मनः ॥ स तयोर्मित्रतां यात इत्येवमनुशुश्रुम ॥ ५ ॥ तौ सुतौ वीर्यसंपन्नौ शिष्यौ भृगुसुतस्य ह ॥ सर्वास्त्रकुशलौ वीरौ हरेर्लब्धवरौ किल ॥ ६ ॥ संग्रामः सुमहानासीदित्युक्तं भवता पुरा ॥ तयोश्च नृपयोर्विप्र केशवस्य जगत्पतेः ॥ ७ ॥ कस्य पुत्रौ समुत्पन्नौ यथाऽभूद्विग्रहो महान् ॥ अष्टाशीतिसहस्राणि दानवानां तरस्विनाम् ॥ ८ ॥ बलान्यथ विचक्रस्य शितशूलधराणि च ॥ आसन्युद्धे महाराज दानवस्य महात्मनः ॥ ९ ॥ यदूनामन्तरं प्रेप्सुर्यदूनां युद्धकाङ्क्षया ॥ देवासुरे महायुद्धे देवाञ्जयति दुर्धरः ॥ तद्वधार्थं सदा यत्नमकरोच्चैव केशवः ॥ १० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने चतुरधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ आसीच्छाल्वेषु राजेन्द्र ब्रह्मदत्तो नृपोत्तमः ॥ नाम्ना राजन्स पूतात्मा सर्वभूतदयापरः ॥ १ ॥ पंचयज्ञपरो नित्यं जितात्मा विजितेन्द्रियः ॥ ब्रह्मविद्वेदविच्चैव सदा यज्ञमयः शिवः ॥ २ ॥ तस्य भार्ये महीपाल रूपौदार्यगुणान्विते ॥ बभूवतुः सुसंपन्ने अनपत्ये

अट्ठासी हजार दानवी सेना थी। वे सभी तीक्ष्णशूलधारी थे और दानवराज विचक्रकी जय चाहते थे। वे सर्वदा युद्धार्थी होकर यादवोंका छिद्रान्वेषण करते रहते थे। एक बार देवासुर-संग्राममें उसने देवताओंको पराजित कर दिया था। भगवान कृष्ण भी उनके विनाशार्थ सदा प्रयत्नशील रहा करते थे। अतएव इस विषयकी सब बातोंको मैं भली भाँति जानना चाहता हूँ ॥ ७–१० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपांडेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुरुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०४ ॥

(हंस-डिम्भककी उत्पत्तिका वृत्तान्त) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! शाल्वनगरमें अतिशय विशुद्धस्वभाव ब्रह्मदत्त नामका एक परम दयालु राजा रहता था ॥ १ ॥ वह सदा पंचयज्ञपरायण, आत्मजित्, जितेन्द्रिय, ब्रह्मविद्, वेदविद्, यज्ञमय तथा शुभ विचारसम्पन्न था ॥ २ ॥ उसकी रूप-गुणसमन्वित दो भार्यायें थीं। उन दोनों भार्याओंमेंसे किसीने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी पुत्रका मुख नहीं देखा था ॥३॥ देवराज इन्द्र जिस प्रकार स्वर्गलोकमें रहकर शचीके साथ आनन्दपूर्वक जीवनयापन करते हैं, उसी प्रकार महीपति ब्रह्मदत्त भी उन दोनों रानियोंके साथ सुखसे समय व्यतीत करता था। मित्रसह नामका एक ब्राह्मण उस राजाका मित्र था ॥ ४ ॥ मित्रसह वेद-वेदान्तपारदर्शी और महान् योगी था। राजा ब्रह्मदत्तके समान ही उसने भी अबतक पुत्रका मुख नहीं देखा था ॥ ५ ॥ पुत्रप्राप्तिके लिए राजा ब्रह्मदत्तने अपनी रानियोंके साथ शंकर भगवानकी आराधना की ॥ ६ ॥ उधर राजाके मित्र मित्रसह ब्राह्मणने पुत्रप्राप्तिके लिए वैष्णव यज्ञ आरम्भ कर दिया। हे महाराज ! राजा-रानीकी आराधनासे प्रसन्न होकर भगवान शंकर एक रोज रात्रिके समय स्वप्नमें उनके समक्ष प्रगट हो गये और उन्होंने कहा—हे सुव्रत ! मैं तुम्हारे ऊपर बहुत प्रसन्न हूँ, वर माँगो ॥ ७ ॥ ८ ॥ तब प्रसन्नवदन होकर राजा ब्रह्मदत्त बोले—"भगवन् ! मैं यही चाहता हूँ कि मेरे दो पुत्र हों।"

नृपोत्तम ॥ ३ ॥ स ताभ्यां मुमुदे राजा शच्या शक्र इवाम्बरे ॥ नाम्ना मित्रसहो नाम सखा चासीद्द्विजोत्तमः ॥ ४ ॥ तस्य राज्ञो महायोगी वेदवेदान्ततत्परः ॥ अनपत्यः स विप्रेन्द्रो यथा राजा बभूव ह ॥ ५ ॥ स राजा सहितस्ताभ्यामर्चयामास शंकरम् ॥ पुत्रार्थं शूलिनं शर्वं दश वर्षाण्यनन्यधीः ॥ ६ ॥ स विप्रो वैष्णवं सत्रं पुत्रार्थे समयोजयत् ॥ अर्चितस्तेन राजेन्द्र शंकरो नीललोहितः ॥ ७ ॥ आत्मानं दर्शयामास स्वप्ने राजानमब्रवीत् ॥ प्रीतोऽस्मि तव भद्रं ते वरं वरय सुव्रत ॥ ८ ॥ अथ राजा जगन्नाथमुवाचेदं स्मयन्निव ॥ पुत्रौ मम भवेतां हि तथेत्युक्त्वा वृषध्वजः ॥ ९ ॥ अन्तर्धानं गतः शम्भुः प्रतिबुद्धस्ततो नृपः ॥ सोऽपि मित्रसहो विद्वान्देवं केशवमव्ययम् ॥ १० ॥ पञ्चवर्षं जगन्नाथमर्चयामास भक्तितः ॥ अर्चितस्तेन विप्रेण देवदेवो जनार्दनः ॥ ११ ॥ पुत्रमेकं ददौ तस्मै स्वात्मना सदृशं हरिं ॥ ते भार्ये गर्भमाधत्तां तेजसा शंकरस्य ह ॥ १२ ॥ विप्रभार्या महाराज वैष्णवं तेज आदधत् ॥ महिष्यौ ते महावीर्यें पुत्रौ शंकरनिर्मितौ ॥ १३ ॥ असूयेतां महीपाल क्रमेणैव नृपस्य ह ॥ स तयोश्च महाराज नामकर्मादिकाः क्रियाः ॥ १४ ॥ चकार विधिवत्सर्वा विप्रेभ्योऽदान्महद्धनम् ॥ स च विप्रो विनीतात्मा पुत्रमेकं हि लब्धवान् ॥ १५ ॥ साक्षादिव जगन्नाथं स्थितं पुत्रात्मना नृप ॥ जातकर्मादिकं सर्वं ब्राह्मणः स चकार ह ॥ १६ ॥ तौ कुमारावयं चैव त्रयः सवयसोऽभवन् ॥ वेदानधीध्य ते सर्वाञ्छ्रुत्वा चान्वीवक्षिकीं तथा ॥ १७ ॥ धनुर्वेदे तथाऽस्त्रे च निपुणास्तेऽभवंस्तदा ॥ हंसो ज्येष्ठो नृपसुतो डिम्भकोऽन-

वृषध्वज शङ्कर भगवान 'तथास्तु' कहकर अन्तर्धान हो गये। उसी समय राजाकी भी नींद खुल गयी। इधर द्विजवर मित्रसहने भी पाँच वर्षतक भक्तिपूर्वक अविनाशी देवदेव विष्णुभगवानकी आराधना की। इस प्रकार विप्र मित्रसहकी आराधनासे प्रसन्न होकर विष्णुभगवानने अपने सदृश गुणोंसे सम्पन्न एक पुत्र उसे प्रदान किया। उधर शङ्कर भगवानके अनुग्रहसे राजाकी दोनों रानियोंने और मित्रसहकी ब्राह्मणीने विष्णुभगवानका तेज धारण किया ॥९-१२॥ बादमें अवसर आनेपर राजाकी दोनों रानियोंने दो पुत्र उत्पन्न किये। राजाने महान् आनन्दके साथ पुत्रोंके नामकरण आदि संस्कार सम्पन्न किये और ब्राह्मणोंको प्रचुर धन दान करके दिया। इधर विप्रवर मित्रसहने भी साक्षात् नारायणके समान सुन्दर एक पुत्र प्राप्त किया। ब्राह्मणने बड़े उत्साहके साथ उस बालकका जातकर्म आदि संस्कार किया ॥१३-१६॥ महाराज ब्रह्मदत्तके दोनों पुत्र तथा विप्र मित्रसहका पुत्र ये तीनों कुमारोंकी कान्ति बड़ी ही कमनीय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थी। समय पाकर वे वयस्क हुए और समस्त वेदोंका अध्ययन करके उन्होंने नीतिशास्त्रका अध्ययन किया। तदनन्तर कुछ ही समयमें वे धनुर्विद्या और शस्त्रविद्यामें भी निपुण हो गये। दोनों राजपुत्रोंमेंसे ज्येष्ठ पुत्रका नाम हंस तथा कनिष्ठका नाम डिम्भ पड़ा। मित्रसह विप्रका पुत्र जनार्दन नामसे विख्यात हुआ। उन तीनों कुमारोंमें परस्पर गाढ़ मैत्री हो गयी थी ॥ १७–१९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०५ ॥

(मृगयावर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! श्रीशंकर भगवानके अंशसे उत्पन्न महात्मा हंस तथा डिम्भक ये दोनों तपस्या करने तथा नीलकण्ठ उमापति देवदेव शंकरको प्रसन्न करनेके उद्देश्यसे हिमालय पर्वतपर चले गये और तप करने लगे ॥ १ ॥ २ ॥ पराक्रम और अस्त्रबल सबसे श्रेष्ठ होता है, यह उनकी मुख्य धारणा थी। वे दोनों राजपुत्र केवल जल

न्तरोऽभवत् ॥ १८ ॥ स च विप्रसुतो राजञ्जनार्दन इति स्मृतः ॥ अन्योन्यं मित्रतां याताः सर्वे चैव कुमारकाः ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोत्पत्तौ पंचाधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ हंसश्चैव तपश्चर्तुं तथा डिम्भो महामतिः ॥ मनश्चक्रतुरात्मांशौ शंकरस्य नृपोत्तम ॥ १ ॥ गत्वा तु हिमवत्पार्श्वं तपश्च-क्रतुरञ्जसा ॥ उद्दिश्य शंकरं सर्वे नीलग्रीवमुमापतिम् ॥२॥ वीर्यास्त्रे चैव नौ स्यातामित्याध्याय तु मानसे ॥ एकाग्रौ प्रयतौ भूत्वा वाय्वम्बुप्राशिनौ नृप ॥३॥ नमस्ते देवदेवेति शंकरेति दिवानिशम् ॥ हर शर्व शिवानन्द नीलग्रीव उमापते ॥४॥ वृषध्वज विरूपाक्ष हर्यक्ष जगतां पते ॥ भक्तप्रिय गिरीशेश वामदेव शिवाच्युत ॥ ५ ॥ सद्योजात महादेव देवदेव गुहाशय ॥ भूतभावन देवेश प्रणवात्मन्सदाशिव ॥ ६ ॥ इत्यादिनामभिर्नित्यं स्तुवन्तौ शंकरं भवम् ॥ हृदि कृत्वा विरूपाक्षं तपस्तेपतुरञ्जसा ॥ ७ ॥ निर्ममौ निरहंकारौ मौनव्रतसमास्थितौ ॥ वर्षाणीह तदा राजन्पञ्च चक्र-तुरोजसा ॥ ८ ॥ ततः प्रीतोऽभवच्छर्वस्ताभ्यां संयमनेन च ॥ स ददौ दर्शनं नैजं व्याघ्रचर्माम्बरो हरः ॥ ९ ॥ त्रियज्ञः शंकरः शर्वः शूलपाणि-रुमापतिः ॥ अग्रतः संस्थितं शर्वं चन्द्रार्द्धकृतशेखरम् ॥ तौ दृष्ट्वा प्रीतमनसौ नमश्चक्रतुरञ्जसा ॥ १० ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ वरं वरय भद्रं वां

तथा वायु पीकर तप करते हुए कहने लगे—॥ ३ ॥ हे देवादिदेव! हे शंकर! आपको नमस्कार है। आप हर, शर्व, शिवानन्द, नीलग्रीव, उमापति, वृषध्वज, विरूपाक्ष, हर्यक्ष, जगत्पति, भक्तप्रिय, गिरीश, ईश, वामदेव, शिव, अच्युत, सद्योजात, महादेव, देवदेव, गुहाशय, भूतभावन, देवेश, प्रणवात्मा एवं सदाशिव हैं ॥ ४–६ ॥ इन सभी नामोंका उल्लेख करते हुए रात-दिन वे महादेवकी स्तुति करते थे। वे स्थायीरूपसे अपने हृदयकमलपर शंकरजीको आसन देकर पूर्ण तन्मयताके साथ तपस्या कर रहे थे। ऐसा करनेके कारण उनके मनसे अहंकार और ममता आदि शत्रु दूर हो गये थे। मौनव्रत धारण करके पूरे पाँच वर्षतक उन्होंने जब कठोर तप किया, तब महादेवजी प्रसन्न हुए। वे प्रसन्न होकर उन दोनों बालकोंके समक्ष जा खड़े हुए ॥७–९॥ उस समय हंस और डिम्भक दोनोंने परम प्रसन्न मनसे व्याघ्रचर्माम्बरधारी, त्रियज्ञोपवीती, शूलपाणि, चन्द्रशेखर और उमापतिशंकर भगवानको प्रणाम किया ॥१०॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीशंकर भगवानने कहा—'हे बालकों! तुम्हारी जो इच्छा हो, सो वर माँगो।' तब उन दोनों बालकोंने कहा—"भगवन्! यदि आप हमपर प्रसन्न हों तो सर्वप्रथम हमारी प्रार्थना यह है कि हम देवताओं, असुरों, राक्षसों, गन्धर्वों और दानवोंसे कभी न परास्त हों ॥ ११ ॥ १२ ॥ हे विरूपाक्ष! दूसरी प्रार्थना यह है कि हमारे पास सभी प्रकारके भयानक शस्त्रास्त्र संगृहीत हो जायँ। माहेश्वरास्त्र, रौद्रास्त्र, महान् ब्रह्मशिरास्त्र, अभेद्य कवच, अच्छेद्य दिव्य धनुष और परशु आत्मरक्षाके लिए हमें अनायास प्राप्त हो जायँ ॥ १३ ॥ १४ ॥ किसी भी युद्धके समय आपके दो भूत सदा हमारी सहायता करते रहें।' भृङ्गीके साथ उपस्थित शिवजीने 'तथास्तु' कहकर सब प्राणियोंके कल्याणार्थ कुण्डोदर तथा विरूपाक्ष नामके अपने दो गणोंसे कहा—'देखो, ये दोनों बलवान् वीर जब संग्रामके लिए जायँ, तब तुम दोनों इनके अनुचर बनकर इनकी सहायता करना।' ऐसा कहकर शिवजी अन्तर्धान हो गये ॥१५–१७॥

यथेच्छा वां तथास्तु वै ॥ तावूचतुस्तदा राजन्प्रीतस्त्वं भगवन् यदि ॥ ११ ॥ देवासुरचमूमुख्यैर्यक्षैर्गन्धर्वदानवैः ॥ आवामजय्यौ सर्वात्मन्नेष नौ
प्रथमो वरः ॥ १२ ॥ द्वितीयो नौ विरूपाक्ष रौद्रास्त्राणां च संग्रहः ॥ माहेश्वरं तथा रौद्रमस्त्रं ब्रह्मशिरो महत् ॥ १३ ॥ अभेद्यं कवचं दिव्यमच्छेद्यं
चापि कार्मुकम् ॥ परशुं च तथा शर्व सदा रक्षार्थमेव च ॥ १४ ॥ सहायौ द्वौ महादेव भूतौ युद्धे हि गच्छताम् ॥ एवमस्त्विति देवेश आह
भृङ्गिरिटी हरः ॥ १५ ॥ कुण्डोदरं विरूपाक्षं सर्वप्राणिहिते रतम् ॥ युवामथ च भूतेशौ सहायौ सततं रणे ॥ १६ ॥ संग्रामं गच्छतां घोरमेतयोर्बल-
शालिनोः ॥ इत्युक्त्वा भगवाञ्छर्वस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ १७ ॥ ततस्तौ वीर्यसंपन्नौ हंसो डिम्भक एव च ॥ कृतास्त्रौ शस्त्रसंपन्नौ चापिनौ वीर्य-
वत्तरौ ॥१८॥ आमुक्तकवचौ वीरावजय्यौ देवदानवैः ॥ अत्यन्तभक्तौ देवेशे शंकरे नीललोहिते ॥१९॥ नित्योत्सवकरौ देव भस्मोद्धूलनशोभिनौ ॥
कृतत्रिपुण्ड्रकौ नित्यं जटायुक्तशिरोधरौ ॥ २० ॥ रुद्राक्षार्पितसर्वाङ्गौ व्याघ्रचर्माम्बरावृतौ ॥ नमः शिवाय शान्ताय महादेवाय धीमते ॥ २१ ॥
इत्यादिभिर्महादेवं स्तुवन्तौ नामभिः शिवम् ॥ साक्षादिव महादेवौ रेजतुर्जलधारिणौ ॥ २२ ॥ ततः स्वभवनं गत्वा पितुः पादावगृह्णताम् ॥
पितुश्च सख्युर्बलिनौ मातुश्च चरणौ तदा ॥ २३ ॥ जनार्दनोऽपि धर्मात्मा कालेन महता नृप ॥ विद्यापारं महाबुद्धिर्युक्तेनासावुपेयिवान् ॥ २४ ॥

तदनन्तर हंस तथा डिम्भक दोनों अत्यधिक बलवान्, शस्त्रास्त्रसम्पन्न, धनुर्द्धर और अभेद्यकवचधारी होकर देवताओं तथा दानवों द्वारा अजेय हो उठे। अब भी वे नीललोहित देवदेव शंकर भगवानके अनन्य भक्त थे। वे नित्य शिवलीलासम्बन्धी उत्सव करते थे। वे सारे शरीरमें भस्म मलकर सदा आनन्दमग्न रहते थे। उन दोनोंके ललाटपर त्रिपुण्ड्र, मस्तकपर जटाजूट और सर्वाङ्गमें रुद्राक्ष विराजमान रहता था। ये व्याघ्रचर्म पहनते थे और रात-दिन उनके मुखसे केवल 'हे शिव! हे शान्त! हे बुद्धिमान् महादेव! आपको नमस्कार है।' यही वाणी निकला करती थी। उन दोनोंको देखकर ऐसा लगता था कि मानों साक्षात् शंकर भगवान विराजमान हैं ॥ १८–२२ ॥ तदनन्तर वे दोनों बलवान् अपने घर लौट गये और वहाँ जाकर उन्होंने अपने माता-पिताके चरणोंकी वन्दना की ॥२३॥ इधर जितेन्द्रिय, धर्मात्मा और ब्रह्मज्ञानी जनार्दन भी बुद्धिमत्तासे पीतकौशेयवसनधारी हृषीकेश विष्णुभगवानकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आराधना करके क्रमशः स्वाध्यायकार्य पूर्ण किया ॥२४॥ वह सदा जितेन्द्रिय रहकर ब्रह्मतत्त्वका चिन्तन करता हुआ विष्णु भगवानकी उपासनामें तन्मय रहता था ॥ २५ ॥ तदनन्तर
हंस, डिम्भक और जनार्दन तीनोंने विवाह किया ॥ २६ ॥ वे तीनों पञ्चयज्ञका अनुष्ठान करनेमें तत्पर, स्वदारनिरत (एकपत्नीव्रती) और गुरुशुश्रूषामें दत्तचित्त रहते थे। एकमात्र
धर्मानुष्ठान ही उनका प्रधान कार्य था ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षडुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०६ ॥

(मृगयावर्णन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर एक दिन जनार्दनके साथ हंस और डिम्भक ये दोनों वीर हाथी, घोड़े तथा रथ लेकर मृगयाके लिए चले ॥ १ ॥
वनमें जाकर हंस तथा डिम्भक अपने तीक्ष्ण बाणोंकी मारसे अनेक सिंह, व्याघ्र, वराह, व्याल और अन्यान्य हिंसक पशुओंका शिकार करने लगे। कुत्तोंका झुण्ड उनके साथ था। वे परस्पर

स च विष्णुं हृषीकेशं पीतकौशेयवाससम् ॥ ब्रह्मतत्त्वपरो नित्यमुपास्ते विजितेन्द्रियः ॥ २५ ॥ हंसश्च डिम्भकश्चैव कृतदारौ बभूवतुः ॥ जना-
र्दनोऽपि धर्मात्मा कृतदारो बभूव ह ॥ २६ ॥ सर्वे ते यज्ञनिरताः पञ्चयज्ञपरास्तथा ॥ स्वदारनिरताः सर्वे गुरुशुश्रूषणे रताः ॥ धर्म एव परं
श्रेय इति ते मेनिरे नृप ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने षडधिकशततमोऽध्यायः ॥ १०६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः कदाचित्तौ वीरौ मृगयामटतुः किल ॥ जनार्दनेन सहितौ रथैरश्वैर्गजैरपि ॥ १ ॥ वनं गत्वा तु तौ वीरौ
सिंहव्याघ्रांश्च जघ्नतुः ॥ शितैर्बाणैर्महाराज वाराहानथ सर्वशः ॥ २ ॥ व्यालानन्यान्मृगान् हिंस्राञ्छ्वभिश्च सहितौ नृप ॥ एष आयाति विपुलो
वराहो दीर्घलोचनः ॥ ३ ॥ एतं बाणेन संछिन्धि याति चायं मृगाधिपः ॥ अयमन्योऽथ महिषः शृंगप्रोतसरीसृपः ॥ ४ ॥ एते खलु मृगाः सार्द्धं
शावैर्बाधन्ति सर्वशः ॥ एतद्भ्रमति सर्वत्र भीतं शशकुलं महत् ॥ ५ ॥ शावं स्तनं पिबत्साधु न हन्तव्यमिदं शुभम् ॥ गृहीतव्यमिदं सर्वं
निरुध्य श्वगणैरिह ॥ ६ ॥ इत्यादिशब्दः सुमहान्मृगयां कुर्वतां नृप ॥ क्षत्रियाणां नृपश्रेष्ठ व्याधानां चैव धावताम् ॥ ७ ॥ हत्वा मृगान्सुबहुशो
व्याघ्रान् सिंहान्नृपोत्तमौ ॥ श्रमं च जग्मतुर्वीरौ मध्यं याते दिवाकरे ॥ ८ ॥ अलं हि मृगयाऽस्माकं श्रमः समुपजायते ॥ इत्यूचतुर्महाराज
पुष्करं जग्मतुः सरः ॥ ९ ॥ सरःसमीपमागम्य मुनिसिद्धनिषेवितम् ॥ वीजन्मारुतसानूपं श्रमात्तत्र सुखं स्थितौ ॥ १० ॥ ततो जनाः सरः सर्वे

कहते थे—'यह दीर्घलोचन और विपुलकाय वराह, यह सिंह, यह सर्प, यह विद्धशृङ्ग महिष और यह अपने बच्चोंके साथ मृगगण भाग रहे हैं। यह शुभ्रवर्ण शशकसमुदाय बड़े वेगसे
दौड़ रहा है ॥२–५॥ अहो ! शावकगण उनका स्तन पान करते हुए उनके साथ-साथ दौड़ रहे हैं। इन्हें मत मारना। बल्कि कुत्तोंसे घेरकर इनको वैसे ही पकड़ लो ॥ ६ ॥ इस
प्रकार व्याधों और क्षत्रियोंका मृगयासम्बन्धी भयानक कोलाहल गूँज उठा ॥ ७ ॥ राजा हंस और डिम्भक बहुतेरे मृगों, सिंहों और व्याघ्रोंका शिकार करते-करते थक गये। उस समय
सूर्य भगवान मध्य आकाशमें आगये थे ॥ ८ अत्यधिक थकावटके कारण वे परस्पर कहने लगे—मृगयाके कारण हमलोग बहुत थक गये हैं। अतएव अब आवश्यकता नहीं
है। अब चलो, कहीं विश्राम करें। ऐसा कहकर वे पुष्कर सरोवर चले गये ॥ ९ ॥ बहुतेरे सिद्धों और मुनियों द्वारा सेवित उस सरोवरके तटपर पहुँचते ही स्निग्ध वायुके झोंकेसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनकी थकावट दूर हो गई और शरीर शीतल हो गया ॥१०॥ तदनन्तर उनके अन्यान्य अनुचर भी उस सरोवरके जलमें स्नान करके बड़े उतावलेपनके साथ कमलका मृणाल और पुष्प खाने लगे ॥ ११ ॥ विप्र जनार्दनके साथ हंस और डिम्भक उसी सरोवरके एक किनारे बैठकर श्रम दूर करने लगे । उसी समय मुनियोंकी मध्याह्नकालीन सुमधुर वेदध्वनि उन्हें सुनायी पड़ी । वह वेदघोष सुनकर उन तीनोंको बहुत आनन्द मिला ॥ १२-१ ॥ उस समय मुनियों द्वारा अनुष्ठित यज्ञका दर्शन करनेके निमित्त उन तीनोंके मनमें इच्छा जागृत हुई । तदनुसार वे अपनी सारी सेना और मृगोंको उसी पुष्करके तटपर छोड़ और दो विशाल धनुष तथा कतिपय बाण लेकर पैदल ही आश्रमकी ओर चल पड़े । कुछ ही आगे बढ़कर उन्होंने देखा कि जप-होमपरायण मुनियोंके साथ महर्षि कश्यप वैष्णव यज्ञ कर रहे हैं ॥ १५-१७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां सप्तोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०७ ॥

विगाह्य श्रमकर्शिताः ॥ बिसान्प्रवालान्पद्मानां भक्षयामासुरार्त्तवत् ॥ ११ ॥ जनार्दनेन सहितौ हंसो डिम्भक एव च ॥ सरः कञ्चित्समाश्रित्य श्रमं संत्यज्य तिष्ठतः ॥ १२ ॥ विश्रम्य सरसस्तीरे तदाऽऽसाते सुखं नृपौ ॥ अशृण्वातां परं ब्रह्म मुनिमुख्यैः समीरितम् ॥ १३ ॥ मध्यंदिनं तथा सर्वैः सवनं सस्वरं नृपौ ॥ ततः प्रीतौ नृपौ भूत्वा श्रुत्वा वेदध्वनिं तदा ॥ १४ ॥ ऐच्छेतां तौ तदा द्रष्टुं यज्ञं मुनिकृतं तदा ॥ स्थापयित्वा ततः सेनां सर्वां मृगसमन्विताम् ॥ १५ ॥ आदाय च महाचापे शरान्कतिचिदेव च ॥ जनार्दनस्तदा वीरो हंसो डिम्भक एव च ॥ १७ ॥ पदातिनौ महाराज जग्मतुश्चाश्रमं किल ॥ महर्षेः काश्यपस्याथ सत्रं वैष्णवसंज्ञकम् ॥ यजतो मुनिभिः सार्द्धं जपहोमपरायणैः ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने मृगयावर्णनं नाम सप्तोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ जनार्दनश्च धर्मात्मा हंसो डिम्भक एव च ॥ सदः प्रविश्य सत्रस्य नमश्चक्रुर्मुनीश्वरान् ॥ १ ॥ तानागतान्महात्मानो मुनयः शिष्यसंयुताः ॥ अर्घ्यपाद्यासनादीनि चक्रुः पूजां प्रयत्नतः ॥ २ ॥ तौ नृपौ स च विप्रेन्द्रः सपर्यां प्रतिगृह्य च ॥ प्रीतात्मानो महात्मान आसते ससुखं नृप ॥३॥ ततो हंसो बभाषे तान्मुनीन्संयतवाङ् नृप ॥ पिता हि नौ मुनिश्रेष्ठा यष्टुमैच्छत्ससाधनम् ॥४॥ गन्तव्यं तत्र युष्माभिः सत्रान्ते मुनिसत्तमाः ॥ राजसूयेन यज्ञेन कृत्वा दिग्विजयं वयम् ॥ ५ ॥ याजयिष्याम हे विप्राः पितरं धार्मिकं नृपम् ॥ आयान्तु तत्र विप्रेन्द्राः सशिष्याः सपरिच्छदाः ॥ ६ ॥ वयमद्यैव सहिता दिशो जेष्यामहे वयम् ॥ शक्ता वयमिहैवैतत्कर्तुं सैनिकसंचयैः ॥७॥ आवयोः पुरतः स्थातुं न

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! धर्मात्मा जनार्दन, हंस और डिम्भकने यज्ञक्षेत्रमें जाकर मुनियोंको प्रणाम किया ॥ १॥ शिष्यों समेत उन महात्मा मुनियोंने तत्काल पाद्य, अर्घ्य और आसन प्रदान करके यत्नपूर्वक उन तीनोंका पूजन किया ॥ २ ॥ इस प्रकार पूजन स्वीकार करके वे प्रसन्नतापूर्वक आसनपर बैठ गये ॥ ३ ॥ तदनन्तर मितभाषी विप्रवर जनार्दनने उन मुनियोंको सम्बोधित करके कहा—हे तपस्विगण ! हमारे पिता सर्वसाधनसम्पन्न यज्ञ करना चाहते हैं ॥ ४ ॥ अतएव हे मुनिसत्तमगण ! यह यज्ञ समाप्त करके आप लोग मेरे यहाँ पधारें । हमलोग दिग्विजय करके पिताके द्वारा राजसूय यज्ञ कराना चाहते हैं । आपलोग शिष्यों तथा सभी यज्ञीय उपकरणोंके साथ आयें ॥ ५ ॥ ६ ॥ हमलोग आज

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ही दिग्विजय करनेके लिए चल पड़े। हमारे पास जैसी सेनाका संग्रह है, उससे हम सहज ही अपना कार्य पूर्ण कर लेंगे। यहाँ तक कि देवता और दानव भी हमारे समक्ष नहीं ठहर सकते। क्योंकि हमने कैलासवासी देवदेव महादेवसे वरदान तथा विविध प्रकारके शस्त्रास्त्र प्राप्त कर लिये हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ हमारे पास अनेक अस्त्र हैं। अतएव हम शत्रुओंसे सर्वथा अजेय हैं। ऐसा कहकर बलमदसे गर्वित हंस चुप हो गया ॥ ९ ॥ यह सुनकर मुनिगण बोले——नृपवर! यदि वास्तवमें राजसूय यज्ञका आयोजन होगा तो हम लोग अपने शिष्योंके साथ अवश्य आपके यहाँ आयेंगे। अन्यथा हम यहीं रहेंगे ॥ १० ॥ वैशम्पायन बोले——हे महाराज! तदनन्तर हंस और डिम्भक दोनों वहाँसे चलनेका विचार करके पुष्कर तीर्थके उत्तरी तटपर, जहाँ महामुनि दुर्वासा रहते थे, चल पड़े ॥ ११ ॥ वहाँ ब्रह्मोपासक, वेदनिरत, लोककल्याणतत्पर और जितेन्द्रिय योगीगण निर्मम, निरहंकार तथा कौपीनधारी बनकर

शक्ता देवदानवाः ॥ कैलासनिलयाद्देवाद्वरं लब्ध्वा स्वयत्नतः ॥ ८ ॥ अजय्यौ शत्रुसंघानामस्त्राणि विविधानि च ॥ इत्युक्त्वा विररामैव हंसो मदब-
लान्वितः ॥ ९ ॥ मुनय ऊचुः ॥ यदि स्यात्तत्र गच्छामो वयं शिष्यैर्नृपोत्तम ॥ आस्महे वाऽन्यथा राजन्नित्यूचुः किल तापसाः ॥ १० ॥ वैशम्पा-
यन उवाच ॥ ततो देशान्महाराज गन्तुं निश्चितमानसौ ॥ पुष्करस्योत्तरं तीरं दुर्वासा यत्र तिष्ठति ॥ ११ ॥ यतयो नियता भूत्वा मन्त्रब्रह्मनिषे-
विणः ॥ ब्रह्मसूत्रपदे सक्तास्तदर्थालोकतत्पराः ॥ १२ ॥ निर्ममा निरहंकाराः कौपीनाच्छादनव्रताः ॥ तमात्मानं जगद्योनिं विष्णुं विश्वेश्वरं विभुम्
॥ १३ ॥ ब्रह्मरूपं शुभं शान्तमक्षरं सर्वतोमुखम् ॥ वेदान्तमूर्तिमव्यक्तमनन्तं शाश्वतं शिवम् ॥ १४ ॥ नित्ययुक्तं विरूपाक्षं भूताधारमनामयम् ॥ ध्या-
यन्तं सर्वदा देवं मनसा सर्वतोमुखम् ॥ १५ ॥ दुर्वाससा सदोपास्यं वेदान्तैकरसं गुरुम् ॥ तर्कनिश्चिततत्त्वार्था ज्ञाननिर्मलचेतसः ॥ १६ ॥ हंसाः परम-
हंसाश्च शिष्या दुर्वाससः प्रभो ॥ गत्वा तत्र महात्मानो तौ दृष्ट्वा तूर्ध्वरेतसम् ॥ १७ ॥ दुर्वाससं महाबुद्धिं विचिन्वानं परं पदम् ॥ क्रुद्धो यदि स
दुर्वासा दग्धुं लोकानिमान्क्षमः ॥ १८ ॥ देवा अपि च यं द्रष्टुं क्रुद्धं वै न क्षमाः सदा ॥ रोषमूर्तिः सदा यस्तु रुद्रात्मा विश्वरूपधृक् ॥ १९ ॥ रक्तकौ-
पीनवसनो हंसः परम एव च ॥ दृष्ट्वैनं च तयोरेवं बुद्धिरासीन्महामते ॥ २० ॥ को नामासौ महाभूतः काषायी वर्णवित्तमः ॥ कश्चायमाश्रमो नाम

शान्त, शुभ, सर्वतोमुख, वेदान्तमूर्ति, अव्यक्त, अनन्त, शाश्वत, शिव, नित्यमुक्त, विरूपाक्ष, भूताधार, अनामय, जगद्योनि, महर्षि दुर्वासाके आराध्य, विश्वेश्वर और विभु विष्णुभगवानका सतत ध्यान करते थे। वहाँ तर्कसे निश्चित तत्त्व तथा निर्मलचित्त हंस-परमहंस प्रभृति दुर्वासाके शिष्यगण सदा साधनमें लीन रहते थे। वहाँ पहुँचकर दोनों भ्राताओंने देखा कि ऊर्ध्वरेता तथा महाबुद्धि महर्षि दुर्वासा परमपदके ध्यानमें मग्न हैं। हे महाराज! महर्षि दुर्वासा कुपित होकर तीनों लोक भस्म कर सकते थे ॥ १२–१८ ॥ क्रुद्ध अवस्थामें देवता भी उनकी ओर निहारनेका साहस नहीं करते थे। उन रुद्रात्मा और विश्वरूपधारी दुर्वासाको देखकर ऐसा लगता था कि मानो क्रोध मूर्तिमान् होकर सम्मुख उपस्थित है ॥ १९ ॥ हंस और डिम्भक दोनों उन रक्तकौपीनधारी परमहंस दुर्वासाको देखकर मन ही मन सोचने लगे कि काषायवस्त्रधारी यह महापुरुष कौन है? गृहस्थाश्रम त्यागकर यह इस समय किस आश्रममें

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रह रहा है ? ॥ २० ॥ २१ ॥ क्योंकि गृहस्थ ही धर्मात्मा, गृहस्थ ही धर्मज्ञोंमें श्रेष्ठ, गृहस्थ ही धर्मस्वरूप, गृहस्थ ही प्रधान वर्ण और गृहस्थ ही सब प्राणियोंकी माता और जीवन-स्वरूप होता है। इस प्रकारका उत्कृष्ट गृहस्थाश्रम त्यागकर जो अन्य आश्रम स्वीकार करते हैं, वे उन्मत्त विरूप अथवा मूर्ख होते हैं। जो भी हो, यह कोई पाखण्डी तपस्वी है और तपस्याका बहाना करके यहाँ बैठा हुआ है ॥ २२-२४ ॥ ऐसे-ऐसे सामान्य बुद्धिके ब्राह्मण ही ध्यानासक्त रहते हैं। आश्रमान्तरगामी, दुराकांक्षी और दुर्बुद्धि इन मूढ़ ब्राह्मणोंको गृहस्थ बनाना होगा। यदि सहजमें ऐसा न हो सकेगा तो बलपूर्वक वैसी व्यवस्था करनी होगी ॥ २५ ॥ २६ ॥ पता नहीं कि किस मूर्खने इन्हें ऐसा आडम्बर करनेका उपदेश दे दिया है। जो भी हो, इन्हें धर्ममार्गपर लगाकर ही हम लोग घर लौटेंगे। हे महाराज! मोह अथवा अभाग्यवश ऐसा विचार करके उन दोनों क्षत्रियोंने विप्र जनार्दनको साथ लिया और उन यती

विहाय च गृहाश्रमम् ॥ २१ ॥ गृहस्थ एव धर्मात्मा गृहस्थो धर्मवित्तमः ॥ गृहस्थो धर्मरूपस्तु गृहस्थो वर्ण एव च ॥ २२ ॥ गृहस्थश्च सदा माता प्राणिनां जीवनं सदा ॥ तं विनाऽन्येन रूपेण वर्त्तते योऽतिमूर्खवत् ॥२३॥ उन्मत्तोऽयं विरूपोऽयमथवा मूर्ख एव च ॥ ध्यायन्निव सदा चायमास्ते वञ्चयिताऽपि वा ॥२४॥ किमेते प्राकृतज्ञाना ध्यायन्त इति किंचन ॥ वयमेतान्दुरारोहानाश्रमान्तरकल्पकान् ॥ २५॥ स्थापयिष्यामहे सर्वान्मन्द-बुद्धीनिमान्गृहे ॥ बलादेव द्विजानेतान्मूढविज्ञानतत्परान् ॥२६॥ असद्ग्राहगृहीतांश्च बालिशान्दुर्मतीनिमान् ॥ एषां शास्ता च को मूढो न विप्रो वयमत्र ह ॥ २७ ॥ धर्म्ये वर्त्मनि संस्थाप्य पुनर्यास्याव निर्वृतौ ॥ इति संचिन्त्य तौ वीरौ विप्रेण सहितौ नृप ॥ २८ ॥ जनार्दनेन राजानौ मोहा-द्भाग्यक्षयान्नृप ॥ समीपं तस्य राजेन्द्र यतेः संयतचेतसः ॥२९॥ गत्वा च प्रोचतुरुभौ दुर्वाससमतीन्द्रियम् ॥ यतींश्च नियतान्क्रुद्धौ राजानौ राज-सत्तम ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने अष्टोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०८ ॥

हंसडिम्भकावूचतुः ॥ ज्ञानलेशाद्विहीनात्मन् किं ते व्यवसितं द्विज ॥ कश्चायमाश्रमो विप्र भवता यः समाश्रितः ॥ १ ॥ गृहमेधं परित्यज्य किं त्वया साधितं पदम् ॥ दम्भ एव भवान् व्यक्तं शङ्के नास्त्यत्र कारणम् ॥२॥ लोकांश्चेमान्सदा मूढ नाशयिष्यसि निर्वृतः ॥ एतान्सर्वान्विनेता-

दुर्वासाके समीप गये ॥ २७-२९ ॥ पास पहुँचकर अतीन्द्रिय महामुनि दुर्वासा तथा अन्यान्य यतियोंसे क्रोधपूर्वक उन्होंने कहा ॥ ३० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामष्टोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०८ ॥

हंस और डिम्भक बोले—हे ब्राह्मणगण! मैं देखता हूँ कि आप लोगोंको कुछ भी ज्ञान नहीं है। आप सब आखिर कर क्या रहे हैं? यह कौन-सा आश्रम है, जिसके नियमोंका आप पालन करते हैं? ॥ १ ॥ गृहस्थाश्रम त्यागकर आप किसकी साधना करते हैं? स्पष्ट ज्ञात होता है कि आप दम्भके फेरमें फँस गये हैं। इसमें और कुछ भी कारण नहीं है। ॥ २ ॥ इससे ऐसा जान पड़ता है कि आपलोग समस्त लोकोंका नाश करेंगे और इसीमें सुख मानेंगे। आप इन सब विप्रोंके पथप्रदर्शक बने हुए हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इस अनाचारसे ये सभी ब्राह्मण नरकगामी होंगे ॥ ३ ॥ आप स्वयं तो नष्ट हैं ही, औरोंको भी नष्ट करनेका प्रयत्न कर रहे हैं। हे दुर्बुद्धे ! क्या आपपर कोई शासन करनेवाला नहीं है ॥ ४ ॥ आप यह निश्चित समझ लें कि आपके शासक पापी हैं। अतएव आप यह दम्भमय आश्रम त्यागकर गृहस्थ बन जायँ और मन संयत करके यत्नपूर्वक पञ्च-महायज्ञोंका अनुष्ठान करिए। ऐसा करनेसे आप स्वर्गगामी होंगे और यथेष्ट सुख प्राप्त करेंगे ॥ ५ ॥ ६ ॥ हे विप्रगण ! यदि जीवित रहनेकी अभिलाषा रखते हों तो आपके लिए यही कल्याणका मार्ग है। हंस और डिम्भके वचन सुनकर धर्मात्मा विप्र जनार्दनने भयभीत होकर यतिवर दुर्वासाको प्रणाम किया और उन दोनों राजाओंसे कहा—'आपलोग महान् दुर्बुद्धि हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ अब ऐसी बात जबानपर न लाइएगा। ऐसे वाक्य इहलोक तथा परलोक दोनों जगह अश्राव्य होते हैं। वंशसमेत जीवित रहनेका इच्छुक कौन मूर्ख ऐसी बात कहेगा ? ॥ ९ ॥ ये बातें तुम दोनोंके लिए कालस्वरूप हैं। मुझे तो ऐसा लगता है कि तुम्हारी आयु समाप्त हो गयी है और अब तुम ब्रह्मदण्ड द्वारा मारे जाओगे

ऽसि नरके पातयिष्यसि ॥ ३ ॥ स्वयं नष्टः परान्मूर्ख नाशयिष्यसि यत्नतः ॥ अहो शास्ता कथं नास्ति तव मन्दमतेर्द्विज ॥ ४ ॥ सर्वथा त्वद्विनेता च पापो नास्त्यत्र संशयः ॥ त्यक्त्वेममाश्रमं विप्र गृही भव यतात्मवान् ॥ ५ ॥ पञ्च यज्ञान्सदा विप्र कुरु यत्नपरो भव ॥ ततः स्वर्गं परं गत्वा स्वर्गे हि सुमहत्सुखम् ॥ ६ ॥ एष श्रेयःपथो विप्र जीविते चेत्स्पृहा तव ॥ इत्युक्तवन्तौ धर्मात्मा श्रुत्वा विप्रो जनार्दनः ॥ ७ ॥ उवाच च यतिं दृष्ट्वा प्रणम्यासौ सुनीतवत् ॥ मा ब्रूतामीदृशं वाक्यं राजानौ मन्दचेतसौ ॥८॥ अश्राव्यमीदृशं घोरं लोकयोरुभयोरपि ॥ को वस्तुमीशो मन्दात्मा यदि जीवेत्सबान्धवः ॥९॥ सर्वथा काल एवायं युवयोर्मन्दचेतसोः ॥ समाप्त आयुषः शेषो ब्रह्मदण्डहतौ युवाम् ॥१०॥ एते हि यतयः शुद्धा ज्ञान-दीपितचेतसः ॥ ज्ञानाग्निदग्धकर्माणः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति ॥११॥ ऋते वामीदृशं वाक्यं कः समर्थो ह्यनुब्रुवन् ॥ सर्वथा ज्ञातमस्माभिः समाप्तमिह जीवितम् ॥१२॥ चत्वार आश्रमाः पूर्वमृषिभिर्विहिता नृपौ ॥ ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थश्च भिक्षुकः॥१३॥तेषामग्रश्चतुर्थोऽयमाश्रमो भिक्षुकः स्मृतः ॥ आस्ते तस्मिन्महाबुद्धिः स हि पुण्यतरः स्मृतः ॥१४॥ नोपासिता भवद्भ्यां च वृद्धाः सम्यग्विनीतवत् ॥ ज्ञानं नाप्तं तपस्विभ्यस्तथा चैवं वदेत कः ॥१५॥ अश्राव्यमीदृशं घोरं मया प्राणभृता नृप ॥ किं करिष्यामि मन्दात्मन्मित्रत्वाद्भवतो नृप ॥१६॥ ज्ञानं यदाप्तं भवता गुरुभ्यस्तदत्र दुःखाय

॥ १० ॥ तुम जिन शुद्धान्तःकरण यतियोंको देख रहे हो, इनके हृदयमें ज्ञानका आलोक आलोकित हो चुका है। उस ज्ञानाग्निके प्रभावसे इनके सब कर्मकलाप भस्म हो चुके हैं। ये इस समय प्राणोंमें अपने प्राणोंकी आहुति दे रहे हैं ॥ ११ ॥ तुम्हारे सिवाय इन्हें ऐसी बात भला और कौन कह सकता है ? मुझे तो ऐसा लगता है कि तुम्हारा जीवन समाप्त हो चुका है ॥ १२ ॥ पूर्वकालमें ऋषियोंने ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ और संन्यास इन चार आश्रमोंका विधान किया था ॥ १३ ॥ उन चारोंमें यह संन्यासाश्रम ही सर्वश्रेष्ठ आश्रम है। जो बुद्धिमान् इस आश्रममें जीवनयापन करता है, वही पुण्यात्मा है ॥ १४ ॥ तुम दोनोंने कभी विनीतभावसे वृद्धोंकी सेवा नहीं की है। अतएव तुम्हें उनसे किसी प्रकारका ज्ञान नहीं प्राप्त हुआ है। इसी कारण तुम्हारे मुखसे ऐसी असंगत बातें निकल रही हैं ॥ १५ ॥ हे राजन् ! मैं जीवित रहनेको इच्छुक हूँ। अतएव अपने कानोंसे मैं ऐसी बातें नहीं सुनना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चाहता। किन्तु क्या करूँ, तुम्हारे साथ मैत्री रहनेके कारण मुझे ये बातें सुननी पड़ रही हैं ॥ १६ ॥ हे राजन् ! आपने गुरुके पाससे जो ज्ञात प्राप्त किया है, वह भी दुःखका कारण बन गया है। क्योंकि औरोंके लिए ज्ञानलाभ धर्मका निमित्त बनता है, किन्तु तुम्हारे लिए धर्मज्ञान पापका निमित्त बनता दीख रहा है ॥ १७ ॥ यदि मुझे ऐसी बातें सुननेको मिलेंगी तो मैं तुम्हें छोड़कर चला जाऊँगा, शिलातलपर गिरकर प्राण त्याग दूँगा, भयानक विष पी लूँगा अथवा समुद्रकी तरंगोंमें कूदकर मर जाऊँगा ॥ १८ ॥ अथवा तुम्हारे सामने ही अपने प्राण दे दूँगा।' विप्र जनार्दन इस प्रकार विलाप करता हुआ कहने लगा कि अब कभी मेरे समक्ष ऐसी बात न कहना ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां नवोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १०९ ॥

(महर्षि दुर्वासाका भाषण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर ऋषिवर दुर्वासाने क्रुद्ध होकर एक नेत्रसे उन्हें इस प्रकार निहारा कि मानों उन दोनोंको जलाकर

हि केवलं नृप ॥ ज्ञानं हि धर्मप्रभवं यथेष्टं बलाद्विपापस्य विधातृरूपम् ॥ १७ ॥ युवां विहाय यास्ये वा पतेयं वा शिलातलम् ॥ पिबेयं वा विषं घोरं पतेयं वा महोर्मिषु ॥ १८ ॥ आत्मानं वात्र संत्यक्ष्ये पश्यतां शृण्वतां पुनः ॥ इत्युक्त्वा विललापैवं मा ब्रूतमिति तौ वदन् ॥ १९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने नवोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १०९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः क्रुद्धोऽथ दुर्वासा धक्ष्यन्निव तयोरसून् ॥ एकेनाक्ष्णाऽथ दुर्वासा रौद्रेणाभियुजा सदा ॥१॥ पश्यंस्तौ च दुरात्मानौ रोषव्याकुलितेन्द्रियः ॥ कुर्वन्निव तदा लोकान्भस्मभूतानिमान्नृप ॥ २ ॥ ब्राह्मणं चक्षुषा पश्यन्सौम्येनान्येन केवलम् ॥ उवाच वचनं राजन्ध्वंसत ध्वंसतेति च ॥ ३ ॥ इतो गच्छत राजानौ किं विलम्बत मा चिरम् ॥ न वां वचनसम्भूतं रोषं धारयितुं क्षमे ॥ ४ ॥ अन्यथा वो महीपालान्स-र्वान्दग्धुमहं क्षमः ॥ किमतः साहसं वक्तुं कश्च शक्नोति मत्पुरः ॥ ५ ॥ दर्पं वां लोकविख्यातः शङ्खचक्रगदाधरः ॥ व्यपनेष्यति मन्दज्ञौ किं वां वक्ष्यामि साम्प्रतम् ॥६॥ तत उत्थाय धर्मात्मा गन्तुमैच्छद्यतीश्वरः ॥ ततो निषेद्धुं हंसस्तं यतते स्म यतीश्वरम् ॥७॥ तस्य बाहुं समादाय हंसो नृप-वरोत्तमः ॥ कौपीनं चिच्छिदे क्रूरः कृतान्त इव सत्तम ॥८॥ यतयोऽन्ये पलायन्ति दिशो दश विचेतसः ॥ कष्टं हेति वदन्विप्रो मित्रभावाज्जनार्दनः

भस्म कर देंगे। रोषवश उनकी सभी इन्द्रियाँ व्याकुल हो गयी थीं। अतएव ऐसा लगता था कि वे अपनी रोषाग्निसे सब लोकोंको जला डालेंगे ॥१॥२॥ किन्तु वे दूसरे नेत्रसे जनार्दन ब्राह्मणको प्रेमपूर्ण दृष्टिसे निहार रहे थे। तत्पश्चात् उन्होंने हंस तथा डिम्भकको सम्बोधित करके कहा—'राजन् ! तुम दोनों शीघ्र भाग जाओ। अब विलम्बकी आवश्यकता नहीं है। तुम अभी यहाँसे चले जाओ। तुम्हारी बातोंसे मुझे इतना अधिक क्रोध हो आया है कि मैं इसका वेग रोकनेमें असमर्थ हूँ ॥ ३ ॥ ४ ॥ क्रोधके वशीभूत होकर मैं तुम सभी राजाओंको भस्म कर सकता हूँ। मेरे समक्ष ऐसी बातोंको कौन कह सकता है ॥ ५ ॥ अब मैं तुमसे अधिक क्या कहूँ, लोकविख्यात शंख-चक्र-गदाधारी भगवान नरायण ही तुम्हारा अभिमान चूर्ण करेंगे ॥ ६ ॥ धर्मात्मा दुर्वासा ऐसा कहकर वहाँसे जाने लगे, तब उन्हें रोकनेका प्रयत्न करते हुए नृपवर हंसने उनका हाथ पकड़ लिया और यमराजके समान क्रूरभावसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उनकी कौपीन फाड़ डाली ॥ ७॥ ८॥ उस समय आश्रमके अन्यान्य मुनि आतुर होकर वहाँसे भागने लगे । तब विप्रवर जनार्दनने सौहार्दवश कहा—'हाय बड़ा कष्ट है । आप लोग यह कैसा दुःसाहस कर रहे हैं ?' ऐसा कहकर उसने यथाशक्ति उन्हें रोकनेकी चेष्टा की । उन्हें नष्ट कर देनेमें समर्थ होते हुए भी सत्यधर्मपरायण महर्षि दुर्वासाने बहुत ही मृदु स्वरमें हंस तथा डिम्भकसे कहा—'हे राजकुलाधम ! मैं अभी अपने शापके प्रभावसे तुम्हें मार सकता हूँ । किन्तु हम लोग यति हैं । अतएव ऐसा नहीं कर सकते । जो जगन्नाथ यादवेश्वर भगवान कृष्ण आजके शासक हैं, वे शंख-चक्र-गदाधर कृष्ण स्वयं तुम्हारा दर्प दूर करेंगे । यदुकुलतिलक जगत्पति नारायणके शासनकालमें तुम लोग जीवित हो, यही तुम्हारे लिए सौभाग्यकी बात है। यद्यपि जरासन्ध भी तुम्हारा बान्धव है, किन्तु तुम्हारी जैसी खोटी बातें वह भी न कहना चाहेगा ॥९–१४॥ क्योंकि वह धर्मपथका पथिक है । वह तुम्हें अपना बन्धु कहकर कदापि न

॥९॥ न्यवारयद्यथाशक्ति किमिदं साहसं त्विति ॥ दुर्वासाः सत्यधर्मस्तु हन्तुमीशोऽपि तं ततः ॥ १० ॥ मन्दं मन्दमुवाचेदं हंसं डिम्भकमेव च ॥
शापेनाहं समर्थोऽपि हन्तुं राजकुलाधमौ ॥ ११ ॥ तथापि न करोम्यन्तं यतयो ह्यत्र ते वयम् ॥ यो हि देवो जगन्नाथः केशवो यादवेश्वरः ॥ १२ ॥
शङ्खचक्रगदापाणिर्गर्वं वां व्यपनेष्यति ॥ लोके तस्मिन्यदुश्रेष्ठे रक्षत्येवं जगत्पतौ ॥ १३ ॥ युवयोः सर्वथा जीवः सञ्जीव इति मे मतिः ॥ जरास-
न्धोऽपि वां बन्धुः स च वक्तुं न चेच्छति ॥१४॥ ईदृशं लोकविद्विष्टं स हि धर्मपथे सदा ॥ एतावता स वां बन्धुर्न हि भूयो भविष्यति ॥१५॥
विद्वेषो ह्यस्तु वां तस्य मागधस्य महीपतेः ॥ श्रुत्वेदं घोररूपं तु स हि बन्धुः सहेत चेत् ॥ १६ ॥ धर्मनाशो भवेत्तस्य नात्र कार्या विचारणा ॥
इत्युक्त्वा गच्छ गच्छेति हंसं प्राह पुनः पुनः ॥ १७ ॥ जनार्दनमुवाचेदं दुर्वासा यतिसत्तमः ॥ स्वस्त्यस्तु तव विप्रेन्द्र भक्तिरस्तु जनार्दने ॥ १८ ॥
संगतिस्तव तस्यास्तु शङ्खचक्रगदाभृतः ॥ अद्य श्वो वा परश्वो वा साधुरेव सदा भवान् ॥ १९ ॥ न हि साधोर्विनाशोऽस्ति लोकयोरुभयोरपि ॥
गच्छ सर्वं पितुर्ब्रूहि ज्ञात्वा वृत्तं यथाऽखिलम् ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने दुर्वाससो भाषणे
दशोपरि शततमोऽध्यायः ॥ ११० ॥

बुलायेगा ॥ १५ ॥ यह वृत्तान्त ज्यों ही मगधराज जरासन्धको सुनायी पड़ेगा, त्यों ही वह तुम्हारे साथ अपनेपनका व्यवहार त्याग देगा । कदाचित् वह यह समाचार सुनकर सह लेगा तो उसका धर्म नष्ट हो जायगा । इसमें कोई संशय नहीं है । ऐसा कहकर दुर्वासाने बारम्बार हसको वहाँसे चले जानेका अनुरोध किया और विप्र जनार्दनसे कहा—'विप्रेन्द्र ! तुम्हारा कल्याण हो और भगवानके श्रीचरणोंमें तुम्हारी अटल और अचल भक्ति हो ॥ १६–१८ ॥ उन शख-चक्र-गदाधारी भगवानका साक्षात्कार तुम्हें प्राप्त हो । आज, कल अथवा परसों एक न एक दिन तुम सच्चे साधु होओगे ॥ १९ ॥ क्योंकि इहलोक अथवा परलोक कहीं भी साधुका विनाश नहीं होता । अब तुम अपने घर जाकर अपने पिताको यह सब वृत्तान्त यथावत् कह सुनाओ ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां दशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(यतियोंका द्वारकागमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर हंस और डिम्भक दोनोंने कालप्रेरित होनेके कारण अत्यधिक क्रुद्ध होकर उन मुनियोंके दारुमय शिक्य, कमण्डलु, दारुमय दण्ड तथा अन्यान्य सब पात्र छिन्न-भिन्न कर दिया और व्याधों द्वारा मांस पकवाकर खाया। तत्पश्चात् वे वहाँसे अपने नगरको लौट गये। स्नेहवश जनार्दन विप्र भी उनके पीछे-पीछे चले गये ॥ १–३ ॥ किन्तु नितान्त दुःखित होकर वे मन ही मन सोचने लगे कि 'इस यात्रामें ये दोनों राजे सर्वथा नष्ट हो गये।' इस प्रकार उन सबके चले जानेपर यतीश्वर महर्षि दुर्वासाने भागते हुए अन्यान्य यतियोंको पुकारकर कहा—'हे यतिगण ! चलो, हम लोग यह पुण्यधाम पुष्करतीर्थ त्यागकर रास्तेमें जगह-जगह विश्राम करते हुए द्वारकापुरी चलें। वहाँ शंख-चक्र-गदाधारी कृष्ण भगवानको सब वृत्तान्त बताया जाय। वे ही इस संसारपर शासन करते हुए धर्मपथका प्रवर्तन करते हैं ॥ ४–७ ॥ वे सबके मूल

वैशम्पायन उवाच ॥ ततस्तौ हंसडिम्भकौ क्रुद्धौ कालेन चोदितौ ॥ शिक्यं कमण्डलुं चैव द्विदलं दारुमेव च ॥ १ ॥ दण्डान्पात्र-
विशेषांश्च छित्त्वा भित्त्वा च सर्वशः ॥ तस्मिन्देशे महाराज व्याधैर्मांसान्यदीदहन् ॥ २ ॥ भक्षयित्वा ततो देशात्स्वपुरीं तौ प्रजग्मतुः ॥
जनार्दनश्च धर्मात्मा स्नेहादनुययौ तयोः ॥ ३ ॥ नष्टाविमाविति तदा स मेने दुखितः परम् ॥ गतेषु तेषु सर्वेषु दुर्वासा यतिसत्तमः ॥ ४ ॥
पलायनपरान्सर्वानिदं प्राह यतीश्वरान् ॥ इतो देशाद्विनिर्गत्य पुष्करात्पुण्यसंयुतात् ॥ ५ ॥ मन्दं मन्दं समाश्वस्य विश्रम्य च ततस्ततः ॥
प्रविश्य द्वारकां देवं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ ६ ॥ दृष्ट्वा च तस्मै प्रभवे वक्ष्यामो यतिसत्तमाः ॥ स हि रक्षञ्जगदिदं धर्मवर्त्मनि संस्थितः ॥ ७ ॥
आद्यो लोकगुरुर्विष्णुर्यतात्मा तत्त्ववित्प्रियः ॥ उद्धृत्य कण्टकान्सर्वाञ्छशास पृथिवीमिमाम् ॥ ८ ॥ स च पापान्महाघोरान्सर्वान्पापकृतान्प्रभुः ॥
रक्षेन्नः सकलान्सर्वाञ्ज्ञानेषु नियतात्मनः ॥ ९ ॥ इदमद्य क्षमं विप्रा यानमद्य विधीयताम् ॥ साहसं यत्कृतं ताभ्यां पात्रभेदादि सत्तमाः ॥ १० ॥
एतत्सर्वमशेषेण दर्शयाम जनार्दनम् ॥ तथेति ते प्रतिज्ञाय यतयो ज्ञानचक्षुषः ॥ ११ ॥ छिन्नं ताभ्यां समादाय शिक्यं दारुमयं तथा ॥ द्विदलं
कर्पटं चैव कौपीनमथ वल्कलम् ॥ १२ ॥ कमण्डलुं तथा राजन्नर्धप्रोतकपालकम् ॥ एतानन्यान्समादाय द्रष्टुं केशवमाययुः ॥ १३ ॥ पञ्च चैव सह-
स्राणि पुरस्कृत्य महामुनीन् ॥ दुर्वाससं तपोयोनिमीश्वरस्यात्मसंभवम् ॥ १४ ॥ अहोरात्रेण ते सर्वे द्वारकां कृष्णपालिताम् ॥ ययुर्दान्ता महा-

कारण हैं। वे सबके गुरु हैं। वे यतात्मा हैं और तत्त्वज्ञ व्यक्तियोंको अत्यन्त प्रिय हैं। जब वे सब कण्टकोंको दूर करके पृथिवीका शासन करते हैं तो वे ही इन दुराचारी और पापियोंका दमन करके हमारी रक्षा करेंगे ॥ ८ ॥ ९ ॥ अतएव आप लोग ऐसी व्यवस्था करें कि जिससे आज ही हम लोग यहाँसे चल पड़ें। उन दुष्टोंने बलपूर्वक जो हमारे पात्रादि भग्न कर दिये हैं, उन्हें ले चलकर भगवानको दिखाना होगा। अन्तमें ज्ञानचक्षु यतिगण काष्ठमय शिक्य, द्विदल, कर्पट, कौपीन, वल्कलवसन, कमण्डलु और भग्नकपाल प्रभृति अन्यान्य सामग्रियाँ लेकर भगवान कृष्णकी द्वारकापुरीकी ओर चल पड़े ॥ १०–१३ ॥ अब तपोनिधान तथा ईश्वरांशसम्भूत महामुनि दुर्वासा आगे चले और उनके पीछे-पीछे पाँच हजार यति चले

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

॥१४॥ केशवर्जित और लोमश वे यति महात्मागण रात-दिन चलकर द्वारकापुरी जा पहुँचे। वहाँ प्रातःकालके समय उन लोगोंने बावलीमें स्नान करके सन्ध्या-वन्दनादि किया ॥१५॥१६॥ तत्पश्चात् वे मुनिगण एक अद्भुत और मनोज्ञ रूप धारण करके सुधर्मा सभामें विराजमान कण्टकोन्मूलनतत्पर भगवान कृष्णका दर्शन करनेके लिए प्रयत्नशील हुए ॥ १७ ॥

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकयामेकादशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १११ ॥

(महर्षि दुर्वासाका भगवानके साथ समागम) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उस समय सर्वेश्वर, कमलनयन, श्यामवपु, पीताम्बरधारी, भव्यवस्त्राभूषणसम्पन्न, किरीटधारी एवं श्रीपति भगवान कृष्ण क्रीडाके निमित्त सात्यकिप्रभृति यादवकुमारोंके साथ सभाभवनमें विराजमान थे। उन अव्यक्त, शाश्वत, कलापूर्ण, निष्कल एवं शिवस्वरूप श्रीकृष्णभगवानके

त्मानो लोमशाः केशवर्जिताः ॥१५॥ प्रातः प्रविश्य राजेन्द्र वापिकायां यतीश्वराः ॥ स्नात्वोपस्पृश्य ते सर्वे यत्नेन महता तदा ॥ १६ ॥ द्रष्टुमभ्युद्यता विष्णुं कण्टकोद्धृतितत्परम् ॥ एकरूपं समास्थाय सुधर्मायामवस्थितम् ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने यतीनां द्वारकागमनं नाम एकादशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १११ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ सर्वेश्वरो विष्णुः पद्मकिंजल्कलोचनः ॥ श्यामः पीताम्बरः श्रीमान्प्रलम्बाम्बरभूषणः ॥ १ ॥ किरीटी श्रीपतिः कृष्णो नीलकुञ्चितमूर्द्धजः ॥ अव्यक्तः शाश्वतो देवः सकलो निष्कलः शिवः ॥ २ ॥ क्रीडाविहारोपगतः कदाचिदभवद्धरिः ॥ कुमारैरपरैः सार्द्धं सात्यकिप्रमुखैर्नृप ॥ ३ ॥ गोलक्रीडां सुधर्माया मध्ये यादवसत्तमः ॥ चकार प्रियकृत्कृष्णो युयुधानेन केशवः ॥ ४ ॥ ममायं प्रथमो गोलस्तव पश्चाद्भविष्यति ॥ इति ब्रुवंस्तदा विष्णुः सात्यकिं कमलेक्षणः ॥ ५ ॥ पार्श्वस्था यादवास्तस्य वसुदेवपुरोगमाः ॥ उद्धवप्रमुखा राजन्नासेदुः कचिदत्र वै ॥६॥ अन्यव्यापाररहितो भूतात्मा भूतभावनः ॥ विजहार यथा रामः सुग्रीवेण पुरा नृप ॥७॥ मध्यंदिने महाविष्णुः शैनेयेन सहाच्युतः ॥ विक्रीड्य सुचिरं कृष्ण उपारंसीत्स यादवः ॥ ८ ॥ द्वाःस्थेन वारिताः पूर्वं द्वार्येव च समास्थिताः ॥ इदमन्तरमित्येवं विविशुस्तां सभां नृप ॥ ९ ॥ यतयो दीर्घतपसः पुरस्कृत्य तपोधनम् ॥ दुर्वाससं सुमनसो ददृशुर्यादवेश्वरम् ॥ १० ॥ गोलक्रीडासमासक्तं करसंस्थितगोलकम् ॥ पद्मपत्रविशा-

केश अतिशय काले चिकने और कुंचित थे ॥ १-३ ॥ यदुवीर श्रीकृष्ण सभामें बैठकर सात्यकिके साथ गोलक्रीडाके लिए प्रवृत्त हो रहे थे। खेल आरम्भ होनेपर कमलनयन श्रीकृष्णने सात्यकिसे कहा—'पहले मैं गोली फेकूँगा। उसके बाद तुम्हारी बारी आयेगी' ॥ ४ ॥ ५ ॥ वसुदेव और उद्धव आदि यादव भूतभावन कृष्णकी उस सभामें एक ओर बैठे हुये थे ॥ ६ ॥ पूर्वकालमें भगवान रामचन्द्र जिस तरह सुग्रीवके साथ क्रीड़ा किया करते थे, उसी प्रकार भूतात्मा श्रीकृष्ण भी अन्य कार्य न होनेपर क्रीडासक्त हो जाते थे ॥ ७ ॥ देरतक खेलते-खेलते मध्याह्नका समय हो गया। उस समय खेलकी एक बाजी समाप्त हुई ॥ ८ ॥ इधर वे तपःपरायण मुनि कुछ देर पहले ही सभाके द्वारपर पहुँच गये थे। किन्तु द्वारपालने उन्हें रोक दिया। अतएव वे भीतर न जाकर बाहर ही प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी अवसरपर दुर्वासा प्रभृति यतियोंका समूह राजसभामें प्रविष्ट हुआ ॥ ९ ॥ १० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भीतर पहुँचकर उन लोगोंने देखा कि भगवान कृष्णके हाथमें गोली है और वे तथा सात्यकि खेलमें तन्मय हैं ॥ ११ ॥ उस समय उनका एक नेत्र खेलपर था और दूसरा नेत्र समागत यतियोंपर जा पड़ा ॥ १२ ॥ भगवान कृष्ण, सात्यकि, बलभद्र, वसुदेव, अक्रूर, राजा उग्रसेन तथा अन्यान्य यादवगण मुनिवर दुर्वासाको देखते ही 'यह क्या ?' कहकर अकचका उठे और विस्मयभरी दृष्टिसे उन्हें निहारने लगे ॥ १३ ॥ १४ ॥ उस समय यतीश्वर दुर्वासाकी आकृति इतनी भयानक थी कि मालूम पड़ता था कि वे अपनी क्रोधाग्निमें तीनों लोक जलाकर भस्म कर देंगे। उस समय वे कुछ सोच रहे थे और उनका मन बहुत सन्तप्त था। वे केवल अर्धकौपीन धारण किये हुये थे और उनके हाथमें भग्न दण्ड विद्यमान था। हंस राजाके द्वारा अपमानित होनेके कारण उनके हृदयमें रोषकी ज्वाला धधक रही थी ॥ १५ ॥ १६ ॥ वे यादवपति कृष्णकी ओर इस प्रकार निहार रहे थे कि जैसे उनके नेत्रोंसे

लाक्षं विष्णुं तं सात्यकिं हरिम् ॥ ११ ॥ एकेनाक्ष्णा ह्लादयन्तं परेणान्येन गोलकम् ॥ यतयश्च महाराज प्रत्यदृश्यन्त तत्पुरः ॥ १२ ॥ वृष्णिपः पुण्डरीकाक्षः सात्यकिर्बलभद्रकः ॥ वसुदेवस्तथाऽक्रूर उग्रसेनस्तथा नृप ॥ १३ ॥ अन्ये च यादवाः सर्वे संभ्रमं प्रतिपेदिरे ॥ इदं किमिदमित्येवं व्याशङ्कमनसोऽभवन् ॥ १४ ॥ पृष्ठतोऽप्यनुगच्छन्ति दिधक्षन्तं जगत्त्रयम् ॥ अर्धकौपीनवसनं स्मरन्तं कमपि द्विजम् ॥ १५ ॥ अन्तस्तापसमायुक्तं छिन्नदण्डधरं यतिम् ॥ अन्तर्ज्वलन्तं रोषेण हंसासादितकल्मषम् ॥ १६ ॥ नेत्रोत्थितमहावह्निं प्रेक्षन्तं यादवेश्वरम् ॥ दुर्वाससं ते ददृशुर्भीता यादवसत्तमाः ॥ १७ ॥ किं करिष्यत्यसौ क्रुद्धः किं वा वक्ष्यति नः प्रभुः ॥ इति प्राञ्जलयः सर्वे यादवाः प्रतिपेदिरे ॥ १८ ॥ इदमासनमित्येवं किंचिदूचुश्च वृष्णयः ॥ ततः कृष्णो हृषीकेशः किंचिदुत्प्लुत्य तत्पुरः ॥ १९ ॥ इदमासनमित्येवं स्थीयतामिह निर्वृतः ॥ अहमद्य स्थितो विप्र किंकरोऽस्मीति चाब्रवीत् ॥ २० ॥ ततः किंचिदिवासीन आसने यतिविग्रहः ॥ आसने संस्थिते तस्मिन् यतयो वीतमत्सराः ॥ २१ ॥ आसनानि यथायोगं भेजिरे निर्वृताः किल ॥ अर्घ्यादिसमुदाचारं चक्रे कृष्णः किरीटभृत् ॥ २२ ॥ आह भूयो हृषीकेशो यतिं दुर्वाससं प्रभुम् ॥ किमर्थं ब्रूहि विप्रेन्द्र अस्मिन्प्रत्यागमो हि वः ॥ २३ ॥ दृष्टं वा ह्यथवा किंचित्कारणं चास्ति वो महत् ॥ संन्यासिनो द्विजश्रेष्ठा यूयं विगतकल्मषाः ॥ २४ ॥ निःस्पृहाश्च सदा यूयमस्मत्तो द्विजपुङ्गवाः ॥ प्रार्थ्यं नाम न चैवास्ति स्पृहा नैवास्ति वो यतः ॥ २५ ॥ स्पृहाप्रेरितकर्माणः

लपटें निकल रही थीं। यादवगण उनका वह रूप देखकर भयभीत हो उठे और वे मन ही मन सोचने लगे कि कुछ कहा नहीं जा सकता कि ये कुपित मुनिराज कौन-सी विपत्ति उपस्थित कर देंगे। उत्तरमें हमारे प्रभु क्या कहेंगे, यह भी नहीं मालूम। यह सोचकर वे सभी यादव हाथ जोड़कर खड़े हो गये ॥ १७ ॥ ॥ १८ ॥ उन्होंने कहा—भगवन् ! यह आसन है। आप इसपर बैठें। उसी समय भगवान कृष्ण भी उछलकर उन मुनियोंके समक्ष जा उपस्थित हुए और कहने लगे—'मुनिवर ! यह आसन है। इसपर आनन्दपूर्वक बैठ जायँ। मैं आपका सेवक हूँ, मुझे आज्ञा दीजिये ॥ १९ ॥ २० ॥ तदनन्तर यतिवर दुर्वासा आसनपर बैठे तो उनके साथवाले अन्य यति भी बैठ गये। तब किरीटधारी श्रीकृष्णने अर्घ्य-पाद्य आदि प्रदान करके उनकी यथोचित सम्वर्धना की और कहा—'विप्रेन्द्र ! आपके आनेका क्या प्रयोजन है ? ॥ २१—२३ ॥ आप लोग निष्पापकलेवर तथा संन्यासधर्मावलम्बी ब्राह्मण हैं ॥ २४ ॥ इस

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लोगोंसे आपको कोई आकांक्षा नहीं हो सकती। बहुत कुछ सोच करके भी हम आपके आगमनका कारण नहीं जान सके ॥ २८ ॥ केवल इतना ही ज्ञात होता है कि अवश्य कोई कारण होगा। नहीं तो आप लोग इतनी दूर चलकर यहाँ क्यों आते। जो भी हो, इस समय आपको यहाँ देखकर हम बहुत व्यग्र हैं। अतएव आप अपने आगमनका कारण बताइए। हे महाराज! चक्रपाणि भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर विप्रवर दुर्वासाका कोप पहलेकी अपेक्षा कईगुना अधिक बढ़ गया ॥ २६—२९ ॥ उनकी आकृति देखकर ऐसा लग रहा था कि मानों वे दृष्टिपातसे ही तीनों लोकोंको निगल जायँगे अथवा भस्म कर देंगे। अन्तमें रोषकषायित लोचन महर्षि दुर्वासाने हँसकर कहा—'हे यादवेश्वर! आप ऐसा क्यों कहते हैं कि 'मैं जानता नहीं' ॥३०॥३१॥ मैं तो जानता हूँ कि आप महादेव हैं। तब आप इस प्रकार वाग्जाल फैलाकर हमें धोखा क्यों देना चाहते हैं? हे विष्णो! हम लोग पुरातन प्राणी हैं। अतएव हम बहुतेरे प्राचीन वृत्तान्तोंको भी जानते हैं ॥ ३२ ॥ आप तो देवताओंके भी देवता हैं। केवल अपनी मायाके बलसे आपने यह मानव शरीर धारण कर रक्खा है। हे जगतीपते!

क्षत्रियान् यान्ति सुव्रताः ॥ निरूप्यमाणमस्माभिर्विप्र किंचिन्न दृश्यते ॥ २६ ॥ न जाने कारणं ब्रह्मन् युष्मदागमनं प्रति ॥ एतावता त्वनुमेयं किंचित्कारणमस्ति वै ॥ २७ ॥ तद्ब्रूहि यदि विद्येत त्वत्तो ज्ञास्यामहे वयम् ॥ इत्युक्तवति देवेशे चक्रपाणौ जनार्दने ॥ २८ ॥ तस्यापि राजन्विप्रस्य भूयः कोपो महानभूत् ॥ तस्मादभ्यधिकः पूर्वात्कोपः संजायते महान् ॥ २९ ॥ दिधक्षन्निव लोकांस्त्रीन्भक्षयन्निव पश्यतः ॥ रोषरक्तेक्षणः क्रुद्धो हसन्निव दहन्निव ॥ ३० ॥ उवाच वचनं विष्णुं दुर्वासाः क्रोधमूर्च्छितः ॥ न जाने इति कस्मात्त्वं ब्रूषे नो यादवेश्वर ॥ ३१ ॥ जानामि त्वां महादेवं वञ्चयन्निव भाषसे ॥ पुरातना वयं विष्णो पूर्ववृत्तान्तवेदिनः ॥ ३२ ॥ यथा हि देवदेवोऽसि मायामानुषदेहवान् ॥ निगूहसे प्रभुरतः कस्मान्नो जगतीपते ॥ ३३ ॥ सोऽसि ब्रह्मविदां मूर्तिस्तवैतत्परमं पदम् ॥ यदभ्यर्च्य पुरा ब्रह्मा यच्च ज्ञाना वयं पुरा ॥ ३४ ॥ यतो विश्वमिदं भूतं तदेतत्परमं पदम् ॥ यच्च स्थूलं विजानन्ति पुरा तत्त्वेन चेतसा ॥ ३५ ॥ पुराविदोऽथ विश्वेश तदेतत्परमं वपुः ॥ कर्मणा प्राप्यते यत्तु यत्स्मृत्वा निर्वृता वयम् ॥ ३६ ॥ प्रत्यक्षमपि यद्रूपं नैव जानन्ति मानुषाः ॥ नहि मूढधियो देव न वयं तादृशा हरे ॥ ३७ ॥ न जाने इति यद्ब्रूषे किमतः साहसं वचः ॥ ये हि मूलं विजानन्ति तेषां तु प्रविवेचनम् ॥ ३८ ॥ कुर्वतः किं फलं देव तव केशिनिषूदन ॥ वेदान्ते प्रथितं तेजस्तव

ऐसी दशामें आप अपनेको छिपाते क्यों हैं? ॥ ३३ ॥ वेदज्ञ लोग आपके जिस रूपकी भावना करते हैं और अन्तमें उन्हें जो रूप प्राप्त होता है, आप वही रूप और वही परम पद हैं। पूर्वकालमें ब्रह्माजी तथा हम मुनिजन अनेकशः चिन्तन करके भी जो नहीं जान सके और अन्तमें अनेक कष्ट करके हमने जो तत्त्व निरूपित किया है और जिसके द्वारा इस विश्वकी उत्पत्ति हुई है, वह परम पद आप ही हैं ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ हे विश्वेश! पुराविद् पुरुषोंने अपने तत्त्वज्ञानके बलपर जिसे स्थूल कहकर निरूपित किया है, सो यह शरीर है। विविध कर्मानुष्ठान करके जिसे प्राप्त किया जाता है और जिससे आनन्द प्राप्त होता है, साधारण प्राणी प्रत्यक्ष होते हुए भी उस रूपको नहीं जान पाते। किन्तु हे देव! हम लोग ऐसे मूढबुद्धि नहीं हैं ॥३६ ॥ ३७ ॥ आप जो 'मैं नहीं जानता' ऐसा कहते हैं। सो सुनकर मुझे आश्चर्य होता है। हे केशिनिषूदन! जो लोग आदिसे समस्त वृत्तान्त अपनी दिव्यदृष्टिसे प्रत्यक्ष

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखते हैं, उनके समक्ष 'मैं नहीं जानता' ऐसा कहनेकी आवश्यकता ही क्या है ? वेदान्तका स्वाध्याय करके पण्डितगण आपके जिस विख्यात स्वरूपका विचार करते हैं। पुनीतकलेवर तथा विज्ञानतृप्त योगीगण जिस रूपको अपने हृदयमें देखते हैं, हे प्रभो ! आपका यह वही रूप है ॥ ३८–४० ॥ वेदों और शास्त्रोंमें ब्रह्मका प्रतिपादन करके विज्ञगण जिस रूपका गुणगान करते हैं, मैं आपके उस ईश्वरीय स्वरूपको भली भाँति जानता हूँ ॥४१॥ वेदोंमें जिस वैष्णव परम तेजका वर्णन आता है, वह परम तेजोमय आप ही हैं ॥४२॥ जो ओंकार तथा वाङ्मयके नामसे विख्यात हैं, वह ओंकार तथा वाणी आप ही हैं। अतएव आप यह मत कहिए कि 'मैं नहीं जानता' ॥ ४३ ॥ यदि एकान्तमें आपको कोई बात कहानी हो तो आप ऐसा कह सकते हैं, किन्तु यह मत कहें कि 'मैं नहीं जानता' ॥४४॥ हे केशव ! जिस शरीरसे यह विश्व उत्पन्न हुआ है और प्रलयकाल उपस्थित होनेपर जिस शरीरमें विलीन होगा, सो मैं जानता

चेदं विचार्यते ॥३९॥ ये च विज्ञानतृप्तास्तु योगिनो वीतकल्मषाः ॥ पश्यन्ति हृत्सरोजेऽपि तदेवेदं वपुः प्रभो ॥ ४० ॥ वेदैर्यद्गीयते तेजो ब्रह्मेति प्रतिपाद्य वै ॥ तदेवेदं विजानेऽहं रूपमैश्वरमेव च ॥४१॥ वैष्णवं परमं तेज इति वेदेषु पठ्यते ॥ अवगच्छाम्यहं विष्णो तदेवेदं वपुस्तव ॥ ४२ ॥ य ओमित्युच्यते शब्दो यस्य वागिति गीयते ॥ स एवासि प्रभो विष्णो न जाने इति मा वद ॥ ४३ ॥ परोक्षं यदि किंचित्स्यात्तव वक्तुं प्रयुज्यते ॥ न जाने इति गोविन्द मा वादीः साहसं हरे ॥ ४४ ॥ विश्वं यदा प्रादुरासीद्यस्मिँल्लीनं क्षये सति ॥ इदं तदैश्वरं तेजस्त्ववगच्छामि केशव ॥ ४५ ॥ कर्ता त्वं भूतभव्येश प्रतिभासि सदा हृदि ॥ यद्यद्रूपं स्मरे नित्यं तत्तदेवासि मे हृदि ॥ ४६ ॥ वायुरेव यदा विष्णुरिति मे धीयते मतिः ॥ तदा तद्रूपमेवासि हृन्मध्ये संस्थितो विभो ॥ ४७ ॥ आकाशो विष्णुरित्येव कदाचिद्धीयते मतिः ॥ तदा तद्रूप एवासि हृन्मध्ये संस्थितो विभो ॥ ४८ ॥ पृथिवी विष्णुरित्येतत्कदाचिद्धीयते मतिः ॥ तदा पार्थिवरूपस्त्वं प्रतिभासि सदा मम ॥ ४९ ॥ रसोऽयं देव इत्येव कदाचिचिन्त्यते मया ॥ तदा रसात्मना विष्णो हृन्मध्ये संस्थितो विभो ॥ ५० ॥ यदा त्वं तेज इत्येवं स्मर्ता स्यां पुरुषोत्तम ॥ तदा तद्रूपसंपन्नः प्रतिभासि सदा हृदि ॥ ५१ ॥ चन्द्रमा हरिरित्येवं तदा चान्द्रमसं वपुः ॥ निरीक्ष्य चक्षुषा देव ततः प्रीतोऽस्मि केशव ॥ ५२ ॥ यदा सौरं वपुरिति स्मर्ता

हूँ। वह आपका ही तेजस्वी शरीर है ॥ ४५ ॥ हे भूतभव्येश ! मैं अपने हृदयमें आपको कर्त्तारूपमें देखता हूँ। यहाँ तक कि जब मैं जिस रूपकी भावना करता हूँ, तब आप मेरे हृदयमें उसी रूपसे दिखायी देते हैं ॥ ४६ ॥ हे विभो ! जब मैं वायुरूपमें आपकी भावना करता हूँ, तब आप वायुरूपसे मेरे हृदयमें विराजमान दीखते हैं ॥ ४७ ॥ जब मैं आकाशरूपसे आपकी भावना करता हूँ तो आप मेरे मनमें आकाश बनकर दृष्टिगोचर होते हैं ॥ ४८ ॥ कभी-कभी ऐसी बुद्धि हो जाती है कि यह पृथिवी भी विष्णुरूप है। उस समय आप मुझे पृथिवीरूपमें दिखायी देते हैं ॥ ४९ ॥ कभी-कभी आप मुझे रसस्वरूप ज्ञात होते हैं। उस समय मेरे हृदयमें आप रसके रूपमें मूर्त दीखते हैं ॥५० ॥ जब मैं तेजरूपमें आपकी भावना करता हूँ, तब आप मेरे हृदयमें तैजस रूपसे दृष्टिगोचर होते हैं ॥ ५१ ॥ हे केशव ! जब मैं नेत्रोंसे देखकर चन्द्रमारूपसे आपकी भावना करता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हैं, तब आप मेरे हृदयमें चन्द्रमा बनकर आ विराजते हैं ॥ ५२ ॥ जब मैं सूर्यरूपमें आपकी भावना करता हूँ, तब आप सूर्यके ही रूपसे मेरे हृदयमें विराजमान दीखते हैं ॥ ५३ ॥ अतएव मेरा यह दृढ़ निश्चय है कि आप सर्वस्वरूप हैं। अतएव हे जनार्दन! आप यह मत कहिए कि 'मैं नहीं जानता' ॥ ५४ ॥ क्रीड़ामें आसक्त रहनेके कारण आपने हमारे कष्टकी ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। हे विष्णो! बहुत दुःखी होकर हम आपके पास आये हैं ॥ ५५ ॥ हम ऐसे घोर संकटमें पड़े हुए हैं, किन्तु आप इधर कुछ भी ध्यान नहीं देते। हमें ऐसा ज्ञात होता है कि अब हमारे भाग्योदयका समय जाता रहा ॥ ५६ ॥ हे प्रभो! हम लोग नितान्त अभागे हैं। तभी तो आप हमारी सुधि नहीं लेते। हे भगवन्! कोई दो क्षत्रिय, जिनमें एकका नाम हंस और दूसरेका नाम डिम्भ है, उन दोनोंने महादेवके वरसे गर्वित होकर हमें बहुत सताया है। हे केशव! वे कहते हैं कि गृहस्थाश्रम

स्यां जगतीपते ॥ तदा तद्भावनायोगात्सूर्य एव विराजसे ॥ ५३ ॥ तस्मात्सर्वं त्वमेवासि निश्चिता मतिरीदृशी ॥ अतो न जानेऽहमिति वक्तुं नेशो जनार्दन ॥ ५४ ॥ इत्यर्थे संस्थितो विष्णो पीडां नो नैव चिन्त्यसे ॥ अत्यन्तदुःखिता विष्णो वयं त्वामनुसंस्थिताः ॥ ५५ ॥ ईदृशीयमवस्था नो नैतां स्मरसि केशव ॥ एतत्पुनर्भाग्यमतो नष्टमित्येव चिन्तये ॥ ५६ ॥ मन्दभाग्या वयं विष्णो यतो नो न स्मरेः प्रभो ॥ कौचित्क्षत्रियदायादौ गिरीशवरगर्वितौ ॥ ५७ ॥ नाम्ना हंसडिम्भकौ च बाधेते नो जनार्दन ॥ गार्हस्थ्यं हि सदा श्रेयो वदन्ताविति केशव ॥ ५८ ॥ इतस्ततश्च धावन्तौ वदन्तौ बहु किल्बिषम् ॥ अयुक्तं बहु भाषन्तौ धर्षयन्तौ च नः सदा ॥ ५९ ॥ इदमन्यत्कृतं देव असह्यं पापमुच्यते ॥ पश्येदं बहुधा देव भिन्नं भिन्नं सहस्रशः ॥ ६० ॥ शिक्यं च दारवं पात्रं द्विदलान्वेणुकान्बहून् ॥ इदमप्यपरं पश्य तयोः साहसचेष्टितम् ॥ ६१ ॥ कौपीनं बहुधा छिन्नं तदस्माकं महद्धनम् ॥ कृतं कपालमात्रेण कमण्डलु जगत्प्रभो ॥ ६२ ॥ त्वं तु नो रक्षसे नित्यं क्षात्रं वै व्रतमास्थितः ॥ चित्रं चित्रमिमं देव रक्षस्यसि सदाऽनिशम् ॥ ६३ ॥ किं करिष्यामि मन्दात्मा मन्दभाग्या वयं विभो ॥ किंन्नः शरणमद्यैव तद्ब्रूहि जगतां पते ॥ ६४ ॥ जीवन्तौ तौ यदि स्यातां नष्टा लोका इमे त्रयः ॥ न विप्रा न च राजानो न वैश्या न च पादजाः ॥ ६५ ॥ अत्यन्तबलिनौ मत्तौ तीक्ष्णदण्डधरौ नृपौ ॥

ही सबसे श्रेष्ठ है ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ इधर-उधर दौड़ते हुए उन दोनोंने हमें बहुतेरी अनुचित बातें कहीं और बार-बार डाँटकर हमारा अपमान किया है ॥ ५९ ॥ और देखिए, हमारे दारुमय शिक्य, पात्र, द्विदल और वंशदण्ड उन्होंने तोड़ डाले हैं। इधर निहारिए, हमारा सर्वस्व धन कौपीनतक उन्होंने फाड़ दिया है। हे जगत्प्रभो! अब मेरे पास कमण्डलु तक नहीं हैं। क्योंकि उन्होंने कमण्डलु फोड़कर उनका खप्पड़ बना दिया है ॥६०-६२॥ आप क्षत्रियव्रतका अवलम्बन करके सदा हमारी रक्षा करते आये हैं। फिर ऐसी घटना क्यों घट गयी, यह आश्चर्यका विषय है ॥ ६३ ॥ क्या करें, हम बड़े अभागे हैं। जो भी हो, अब कृपा करके यह बताइए कि हमारी रक्षाका क्या उपाय है? ॥ ६४ ॥ यदि वे दोनों क्षत्रिय जीवित रह गये तो अवश्य तीनों लोक नष्ट कर देंगे। उस स्थितिमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र किसीका भी अस्तित्व न रह जायगा ॥ ६५ ॥ हे प्रभो! वे दोनों बड़े बलवान्,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नितान्त मत्त और अतीव तीव्र दण्डधारी हैं। इन्द्र आदि देवताओंमें भी यह सामर्थ्य नहीं है कि वे उन दोनोंके सम्मुख टिक सकें॥ ६६॥ भीष्म, भयानक पराक्रमी राजा बाह्लीक और क्षत्रियोंके लिए भयंकर राजा जरासन्ध भी शिवजीके वरदानसे गर्वित उन दोनों क्षत्रियोंका सामना नहीं कर सकते। अतएव हे प्रभो! आप शीघ्र उन दोनों वीरोंका वध करके इन लोकोंक रक्षा करिए। नहीं तो आपका 'रक्षक' नाम व्यर्थ हो जायगा॥६७-६९॥ हे स्वामिन्! बहुत क्या कहें, आप तीनों लोकोंकी रक्षा करिए। ऐसा कहकर वे क्रोधसे व्याकुल हो गये॥ ७०॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वादशोत्तरशततमोऽध्यायः॥ ११२॥

(यतियोंका भोजन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! यतिवर दुर्वासाके वचन सुने तो दीर्घ निःश्वास लेकर यादवेश्वर भगवान कृष्णने उनकी ओर निहारते हुए कहा—॥ १॥

न तयोः पुरतः स्थातुं शक्ता देवाः सवासवाः॥ ६६॥ न च भीष्मोन वा राजा बाह्लीको भीमविक्रमः॥ यो हि वीरो जरासन्धः क्षत्रियाणां भयंकरः॥ ६७॥ नैव च प्रायशः स्थातुं गिरीशवरदर्पिणोः॥ तयोः कृष्ण हरे शक्तो नित्यमप्रतिसङ्गिनोः॥ ६८॥ तस्मात्त्वं जहि तौ वीरौ रक्ष लोकानिमान्प्रभो॥ अन्यथा रक्षसीत्येवं व्यर्थः शब्दोऽत्र जायते॥ ६९॥ बहुनाऽत्र किमुक्तेन रक्ष रक्ष जगत्त्रयम्॥ इत्युक्त्वा विरराभैव दुर्वासाः क्रोधमूर्च्छितः॥७०॥इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने दुर्वासःसमागमो नाम द्वादशोपरि शततमोऽध्यायः॥११२॥

वैशम्पायन उवाच॥ यतेर्वचनमाकर्ण्य मन्दमुच्छ्वस्य केशवः॥ दुर्वाससं समालोक्य बभाषे यादवेश्वरः॥ १॥ क्षन्तव्यं भवता सर्वं दोष एष ममैव हि॥ शृणु वाक्यं ममैतत्तु श्रुत्वा शान्तिपरो भव॥ २॥ जेष्यामि तौ रणे विप्र हंसं डिम्भकमेव च॥ गिरीशो वा वरं दद्याच्छक्रो वा धनदोऽपि वा॥ ३॥ यमो वा वरुणो वाऽपि ब्रह्मा वाऽथ चतुर्मुखः॥ सबलौ सानुजौ हत्वा पुनर्दास्यामि वो रतिम्॥ ४॥ सत्येनैव शपाम्यद्य मा रोषवशगो भव॥ रक्षां वोऽहं करिष्यामि हत्वा तौ च नृपाधमौ॥ ५॥ जानामि तौ दुरात्मानौ युष्मद्दोषकरौ हि तौ॥ श्रुतं च पूर्वमस्माभिस्तीक्ष्णदण्डधराविति॥ ६॥ अत्यन्तबलिनौ मत्तौ गिरीशवरदर्पितौ॥ नाल्पप्रयत्नसंसाध्यौ जरासन्धहितैषिणौ॥ ७॥ प्राणानपि तयो राजा दास्यत्येव न संशयः॥ जरासन्धो महीपालो विना तौ जयते महीम्॥ ८॥ जये तयोर्विप्रवर्य तत्र श्रेयो भवेत्ततः॥ यत्र यत्र तु तौ गत्वा

विप्रवर! यह सब हमारा ही दोष है। अतएव मैं जो कहता हूँ, उसे सुनकर आप मेरा अपराध क्षमा कर दें॥२॥ शंकरजी, देवराज इन्द्र, कुबेर, यम, वरुण अथवा चतुर्मुख ब्रह्मा, इनमेंसे चाहे किसीने भी उन्हें वरदान क्यों न दिया हो, मैं सत्यकी शपथ खाकर कहता हूँ कि समरभूमिमें नृपाधम हंस तथा डिम्भकको मारकर आप लोगोंकी रक्षा करूँगा॥ ३-५॥ मैं जानता हूँ कि उन दुष्टोंने आप लोगोंको बहुत दुःख दिया है। यह मैंने पहले ही सुना था कि वे लोगोंको बहुत कठोर दण्ड दे रहे हैं॥ ६॥ वे बड़े बलवान्, शिवजीके वरसे गर्वित और मदमत्त हैं। किन्तु वे अल्पबलसे सिद्ध नहीं हो सकेंगे। क्योंकि वे जरासन्धके मित्र हैं॥ ७॥ अतएव जरासन्ध उन लोगोंके लिए अपने प्राण भी दे देगा। सो मुझे कोई ऐसी युक्ति करनी होगी कि जरासन्ध उनकी सहायता न कर सके। ऐसा उपाय करके ही मैं उनका वध करूँगा। इसी तरह कार्य करनेसे हमें विजय प्राप्त हो सकेगी। वे दोनों जहाँ कहीं भी जायँ,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वहीं जाकर उनके विनाशका उपाय करना होगा। अब आप लोग जाकर अपना काम करिए। मैं शीघ्र उनका वध करूँगा। इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ८–१० ॥ भगवानके वचन सुनकर मुनिवर दुर्वासा बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा—॥ ११ ॥ हे कृष्ण! आपके द्वारा ही जगत्‌का कल्याण होता है। हे केशव! आपके लिए कोई भी कार्य असाध्य नहीं है ॥ १२ ॥ आप त्रिलोकेश, त्रिधामा, सर्वसंहारकारी, देवताओंके भी प्रभु और सर्वत्र समदर्शी हैं ॥ १३ ॥ हे विष्णो! हे देव! हे हरे! हे चक्रपाणे! आपको नमस्कार है। आप नित्य, शुद्ध, शुद्धस्वभाव, शब्दगोचर, देवेश और भक्तवत्सल हैं। अतएव आपको नमस्कार है। मैंने ज्ञान अथवा अज्ञानवश आपको जो अनुचित बात कही हो, उसे क्षमा कर दें ॥ १४ ॥ १५ ॥ हे जगन्नाथ! आपका कथन है कि आपमें और मुझमें कोई अन्तर नहीं है। साधु पुरुष सदा क्षमाशील रहते हैं। अतएव आप मुझे क्षमा कर दें ॥ १६ ॥ श्रीभगवान

स्थितावित्यनुशुश्रुम ॥ ९ ॥ तत्र तत्र च हन्ताऽहं नात्र कार्या विचारणा ॥ गच्छध्वं यतयः स्वैरं निजकार्यपरायणाः ॥ १० ॥ अचिरेणैव कालेन जेष्यामि रणपुङ्गवौ ॥ ततः प्रीतः प्रसन्नात्मा यादवेश्वरमाह सः ॥ ११ ॥ स्वस्त्यस्तु भवते कृष्ण जगतां स्वस्ति कुर्वते ॥ किन्नु नाम जगन्नाथ दुःसाध्यं तव केशव ॥१२॥ त्रिलोकेश त्रिधामाऽसि सर्वसंहारकारकः ॥ देवानामपि देवेश सर्वत्र समदर्शनः ॥१३॥ विष्णो देव हरे कृष्ण नमस्ते चक्रपाणये ॥ नमः स्वभावशुद्धाय शुद्धाय नियताय च ॥ १४ ॥ शब्दगोचर देवेश नमस्ते भक्तवत्सल ॥ अज्ञानादथवा ज्ञानाद्यन्मयोक्तं क्षमस्व तत् ॥ १५ ॥ त्वमेवाहं जगन्नाथ नावयोरन्तरं पृथक् ॥ अतः क्षमस्व भगवन्क्षमासारा हि साधवः ॥ १६ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ क्षन्तव्यं भवता विप्र क्षमासारा वयं सदा ॥ संन्यासिनः क्षमासाराः क्षमा तेषां परं बलम् ॥ १७ ॥ क्षमा मोक्षकरी नित्यं तत्त्वज्ञानमिव द्विज ॥ क्षमा धर्मः क्षमा सत्यं क्षमा दानं क्षमा यशः ॥ १८ ॥ क्षमा स्वर्गस्य सोपानमिति वेदविदो विदुः ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन क्षमां पालयत स्वकाम् ॥ १९ ॥ प्रत्यक्ष-ज्ञानसंयुक्ता यूयं सर्वे यतीश्वराः ॥ य एते यतयो विप्राः पूजनीया मयाऽद्य वै ॥ २० ॥ भोक्तव्या यतयो विप्रा भिक्षुकाः सर्व एव हि ॥ तथेति ते प्रतिज्ञाय भोक्तुमैच्छन्हरेर्गृहे ॥ २१ ॥ ततः स्वभवनं विष्णुः प्रविश्य हरिरीश्वरः ॥ चतुर्विधं तथाऽऽहारं कारयित्वा यथाविधि ॥ २२ ॥ भोजयामास तान्सर्वान् यतीन् यतवराचितः ॥ छित्त्वा छित्त्वा च देवेशो दुकूलानि मृदूनि सः ॥ २३ ॥ ददौ तेभ्यस्तदा विष्णुः सर्वेभ्यो जनमेजय ॥

बोले—हे विप्रवर! मैं तो सदा क्षमाशील रहता हूँ। इस समय आप मुझे क्षमा कर दें। क्योंकि क्षमाशील संन्यासियोंके लिए क्षमा ही सर्वश्रेष्ठ साधन होता है– वही उनका बल है ॥ १७ ॥ हे द्विज! तत्त्वज्ञानके समान ही क्षमाके बलसे भी मोक्ष प्राप्त होता है। क्योंकि क्षमा धर्म, क्षमा कर्म, क्षमा सत्य, क्षमा ही यश और क्षमा ही धन है ॥ १८ ॥ वेदविद् विद्वानोंका कथन है कि क्षमा स्वर्गकी सीढ़ी है। अतएव सब प्रकारसे प्रयत्न करके आप अपने क्षमाबलकी रक्षा करिए ॥ १९ ॥ सभी यति प्रत्यक्ष ज्ञानसे सम्पन्न हैं। यहाँ जो यति आये हुए हैं, आज मैं उन सबका पूजन करूँगा ॥२०॥ आप सब भिक्षुक हैं। अतएव आप लोगोंको मेरे भवनमें भोजन करना होगा।' दुर्वासा प्रभृति मुनियोंने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया ॥ २१ ॥ तब भगवान अपने महलमें गये और चार प्रकारका भोजन तैयार कराके उन्हें विधिवत् भोजन कराया। तदनन्तर सुकोमल वस्त्रके थान फाड़-फाड़कर उन्होंने प्रत्येक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुनिको एक-एक टुकड़ा प्रदान किया। हे महाराज जनमेजय! भगवानके उस सत्कारसे वे मुनि बहुत प्रसन्न हुए और उनके गुण गाते हुए अपने-अपने स्थानको चले गये ॥२२-२४॥
इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११३ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! तदनन्तर विप्रवर दुर्वासा महात्मा नारदके साथ द्वारकापुरीमें ही ब्रह्मतत्त्वका विचार करते तथा बड़े आनन्दके साथ विहार करते हुए रहने लगे ॥ १ ॥ भगवान कृष्णने भी उन दोनोंके वहाँ रहनेका समर्थन किया था। उसी समय हंस और डिम्भकने अपने बलवान् पिता राजा ब्रह्मदत्तके पास जाकर भरी सभामें सब लोगोंके समक्ष कहा—॥ २ ॥ हे पिताजी! आप राजसूय यज्ञका अनुष्ठान करनेकी तैयारी करें। हम लोग इसी मासमें यज्ञ समाप्त करनेकी चेष्टा करेंगे ॥ ३ ॥ ४ ॥ हम आज ही हाथी,

ते च प्रीता यथायोगं यथापूर्वं ततो गताः ॥ २४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने यतिभोजनं नाम त्रयोदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ दुर्वासास्त्वथ तत्रैव नारदेन महात्मना ॥ चिन्तयन्ब्रह्मणस्तत्त्वं विजहार यथासुखम् ॥ १ ॥ भगवानपि गोविन्दस्त-योर्वासममन्यत ॥ ततस्तौ हंसडिम्भकौ तस्मिन्काले महीपतिम् ॥ २ ॥ ब्रह्मदत्तं महीपालं पितरं वीर्यशालिनम् ॥ प्रावोचतामिदं वाक्यं समन्ता-ज्जनसंसदि ॥३॥ राजसूयं महायज्ञं पितः कुरु सुयत्नतः ॥ अस्मिन्मासि नृपश्रेष्ठ यतावो यज्ञसिद्धये ॥४॥ आवां तेऽद्य महाराज दिशां विजयत-त्परौ ॥ यतिष्यावो बलैः सार्द्धं गजैरश्वै रथैरपि ॥५॥ संभारा यज्ञसिद्धयर्थमानेतव्या नृपोत्तम ॥ तथेति स महाबाहो ब्रह्मदत्तोऽब्रवीत्तदा ॥ ६ ॥ जनार्दनस्तु विप्रेन्द्रो दृष्ट्वा साहसतत्परौ ॥ अशक्यमिति मन्वानो वयस्यं हंसमब्रवीत् ॥ ७ ॥ शृणु हंस वचो मह्यं श्रुत्वा निश्चित्य वीर्यवान् ॥ आयु-ष्मन्साहसं कर्तुमुद्यतोऽसि नृपोत्तम ॥ ८ ॥ स्थिते भीष्मे जरासन्धे बाह्लीके च नृपोत्तमे ॥ किं च वीरेषु सर्वेषु यादवेषु नृपोत्तम ॥ ९ ॥ भीष्मो हि बलवान्वृद्धः सत्यसन्धो जितेन्द्रियः ॥ त्रिःसप्तकृत्वः पृथिवीं यो जिगाय भृगूत्तमः ॥ १० ॥ तं युद्धे जितवान्भीष्मः सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ॥ जरासन्धस्य यद्वीर्यं तद्भवान्वेत्ति संयुगे ॥११॥ वृष्णिवीरास्तु ते सर्वे कृतास्त्रा युद्धदुर्मदाः ॥ तत्र कृष्णो हृषीकेशो जितशत्रुः कृती सदा ॥ १२ ॥

घोड़े, रथ तथा सैन्य-सामन्तोंके साथ दिग्विजयके कार्यमें लग जायँगे ॥ ५ ॥ हे नृपोत्तम! यज्ञकी सभी सामग्रियाँ तत्काल जुटा ली जायँ। हे महाराज! यह बात सुनकर राजा ब्रह्मदत्तने कहा—जो तुम्हारी इच्छा हो, वही करो।' ॥ ६ ॥ उसी समय विप्रवर जनार्दनने हंस और डिम्भकका दुःसाहस देख तथा उस कार्यको असाध्य समझकर अपने मित्र हंससे कहा—॥ ७ ॥ हे मित्र! मेरी बात सुनकर आवश्यक कर्मका निर्धारण करो। हे आयुष्मन्! मेरी समझमें तो ऐसा आता है कि तुम यह बहुत बड़े दुःसाहसका काम करने जा रहे हो ॥ ८ ॥ महात्मा भीष्म, बाह्लीक, जरासन्ध एवं वीरवर यादवोंके रहते तुम जिस कार्यके लिए उद्यत हुए हो, वह ठीक नहीं है ॥ ९ ॥ भृगुकुलोत्पन्न जिन परशुरामजीने इक्कीस बार पृथिवीको क्षत्रियशून्य कर दिया था, उन्हें वीरवर, सत्यप्रतिज्ञ तथा जितेन्द्रिय भीष्मने अनेक क्षत्रियोंके समक्ष परास्त किया था। युद्धमें जरासन्धके पराक्रमको तो तुम जानते ही

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हो ॥ १० ॥ ११ ॥ वृष्णिवीर भी बड़े ही योद्धा और सब शस्त्रास्त्रोंमें निपुण हैं। उनमें भगवान् हृषीकेश अगणित शत्रुओंपर विजय प्राप्त कर चुके हैं और वे युद्धकार्यमें विशेष कुशल हैं ॥ १२ ॥ वे कई बार जरासन्धसे लड़ चुके हैं। कोई भी राजा उनका सामना करके जीवित नहीं बच सकता ॥ १३ ॥ बलमत्त बलभद्र यदि एक बार क्रुद्ध हो जायँ तो वे अकेले तीनों लोकोंका संहार कर सकते हैं। ऐसा मुझे विश्वास है ॥ १४ ॥ वीर सात्यकि भी समरभूमिमें शत्रुओंको पराजित कर सकते हैं। भगवान कृष्णके आश्रित अन्यान्य यादव भी साधारण वीर नहीं हैं ॥१५॥ अभी जो ब्राह्मण यहाँ भोजन करने आये थे, उनके मुखसे मैंने सुना है कि हम लोगोंने उस समय उन मुनियोंके साथ जो दुर्व्यवहार किया था, उसके लिए महर्षि दुर्वासा बहुतेरे यतियोंके साथ भगवान कृष्णसे मिलने गये हैं ॥ १६ ॥ १७ ॥ यदि राजसूय यज्ञ करना ही अभीष्ट हो तो उसके पहले मंत्रियोंसे मंत्रणा करके आगामी विपत्तियोंसे

जरासन्धेन सहितः सदा युद्धे जितश्रमः ॥ प्रमुखे तस्य न स्थातुं शक्तो जीवन्नृपोत्तमः ॥ १३ ॥ बलभद्रस्तथा मत्तः क्रुद्धो यदि भवेद्बली ॥ लोकानिमान्समाहर्तुं शक्नोतीति मतिर्मम ॥ १४ ॥ तथा च सात्यकिर्वीरः शक्तो जेतुं रणे रिपून् ॥ तथाऽन्ये यादवाः सर्वे कृष्णमाश्रित्य दंशिताः ॥ १५ ॥ अस्माभिश्च कृतः पूर्वं विरोधो यतिभिः सह ॥ दुर्वासा यतिभिः सार्द्धं गतो द्रष्टुं स केशवम् ॥ १६ ॥ इति श्रुतं नृपश्रेष्ठ ब्राह्मणाद्भोक्तुमागतात् ॥ तथा सति यथा सिद्ध्येत्तथा चिन्त्यं च मन्त्रिभिः ॥ १७ ॥ ततः पश्चाद्विधास्यामो राजसूयं महाक्रतुम् ॥ हंस उवाच ॥ को नाम भीष्मो मन्दात्मा वृद्धो हीनबलः सदा ॥ १८ ॥ आवयोः पुरतः स्थातुं शक्तः स किल वृद्धकः ॥ यादवा इति चित्रं नः शक्ताः स्थातुं रणे द्विजाः ॥ १९ ॥ कश्च कृष्णः पुरः स्थातुं बलदेवश्च मत्तकः ॥ शैनेयश्चापि विप्रेन्द्र स्थातुं न इति चिन्तय ॥ २० ॥ जरासन्धस्तु धर्मात्मा बन्धुरेव सदा मम ॥ गच्छ विप्र यदुश्रेष्ठं ब्रूहि मद्वचनात्त्वरन् ॥ २१ ॥ दीयतां करसर्वस्वं यज्ञार्थं सुन्दरं बहु ॥ लवणानि बहून्यद्य गृह्य केशव मा चिरम् ॥ २२ ॥ आगच्छ त्वरितं कृष्ण न ते कार्यं विलम्बनम् ॥ इति ब्रूहि यदुश्रेष्ठं याहि त्वरितविक्रमः ॥ २३ ॥ न ब्रूयाश्चोत्तरं विप्र शपेयं त्वां प्रियोऽसि मे ॥ मित्रभावादिदं ब्रूहि पश्यामि त्वां पुनः पुनः ॥ २४ ॥ इति सञ्चोदितो विप्रो नोत्तरं प्रत्यभाषत ॥ मित्रभावात्तथा राजन् स्नेहाच्च

बचनेका उपाय करके ही वैसा करो। जनार्दनके बचन सुनकर हंसने कहा—दुर्बुद्धि भीष्म वृद्ध होकर नितान्त दुर्बल हो गया है ॥१८॥ समरभूमिमें हम दोनों भ्राताओंके समक्ष वह बूढ़ा नहीं टिक सकता। यादवगण रणभूमिमें यदि हमारे सामने आयें तो यह आश्चर्यकी बात होगी ॥ १९ ॥ तुम यह निश्चित समझ लो कि बलराम, कृष्ण अथवा सात्यकि कोई भी रणभूमिमें मेरे सम्मुख नहीं टिक सकता ॥२०॥ रही जरासन्धकी बात, सो वे मेरे प्रिय मित्र हैं। हे मित्र! तुम अभीकृष्णके पास जाओ और उनसे कहो कि 'राजसूय यज्ञके लिए प्रचुर कर प्रदान करो और प्रचुर परिमाणमें लवण साथ लेकर शीघ्र यहाँ उपस्थित होओ—विलम्ब न हो'। हे विप्रवर! तुम्हारे साथ मेरी मैत्री है। तुम मेरे प्रियजन हो। अतएव मेरा बारम्बार यही अनुरोध है कि तुम कृष्णके पास शीघ्र चल दो। हाँ, इस विषयमें कुछ भी उत्तर-प्रत्युत्तर मत करना। तुम्हें मेरी शपथ है ॥ २१–२४ ॥ हंसके ऐसा कहनेपर द्विजवर जनार्दनने मैत्रीवश

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ भी उत्तर नहीं दिया ॥ २५ ॥ उसी दिनसे धर्मात्मा जनार्दन प्रतिदिन द्वारका जानेकी कामना करता हुआ मन ही मन सोचने लगा कि 'आज कल या परसों द्वारका अवश्य जाऊँगा ॥ २६ ॥ वहाँ जाकर उन शंख-चक्र-गदाधर तथा जगत्की उत्पत्तिके मूल कारणस्वरूप भगवान कृष्णके दर्शन करूँगा ।' तदनन्तर एक दिन बड़े सबेरे अकेले ही घोड़ेपर सवार होकर वह द्वारकाके लिए चल पड़ा ॥ २७ ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्दशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११४ ॥

(विप्र जनार्दनकी द्वारकायात्रा) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! गर्मीके दिनोंमें सूर्यभगवानके तापसे पीडित तथा प्यासा पथिक जिस तरह जल देखकर दौड़ता है, वेदज्ञ विप्र जनार्दन भी कृष्णदर्शनकी लालसासे उसी प्रकार घोड़ेपर सवार होकर बड़े वेगसे चला ॥ १ ॥ २ ॥ चलते समय वह सोचने लगा—'हंस जैसा मेरा प्रिय मित्र है, वैसा ही उसने

जनमेजय ॥२५॥ जनार्दनस्तु धर्मात्मा नित्यं गन्तुं समुद्यतः ॥ अद्य श्वो वा परश्वो वा गच्छामीति यतेत सः ॥२६॥ देवं द्रष्टुं जगद्योनिं शङ्ख-चक्रगदाधरम् ॥ एक एव च धर्मात्मा हयमारुह्य सत्वरम् ॥ २७ ॥ प्रातरेव जगामाशु द्रष्टुं द्वारवतीं द्विजः ॥ हरिं कृष्णं हृषीकेशं मनसा संस्मरन्द्विजः ॥ २८ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने चतुर्दशोपरि शततमोऽध्यायः ॥ ११४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः प्रायाद्धरिं विष्णुं ब्राह्मणो ब्रह्मवित्तमः ॥ हयेनैकेन राजेन्द्र त्वरितं स ययौ नृप ॥ १ ॥ यथा निदाघसमये सूर्यांशुपरिपीडितः ॥ पान्थो याति जलं दृष्ट्वा त्वरितं तत्पिपासया ॥२॥ धावत्येवं तथा विप्रो हरिं द्रष्टुं जनार्दनः ॥ गच्छन्स चिन्तयामास चोदयन्हयमुत्तमम् ॥३॥ हंस एव प्रियो मह्यं कुर्यात्प्रियहितं मम ॥ तथाहि प्रेषितस्तेन हरिं पश्याम्यहं प्रभुम् ॥४॥ अहमेव सदा धन्यो मत्तो ह्यभ्यधिको न हि ॥ यतो प्रक्ष्याम्यहं विष्णुं वसन्तं द्वारकापुरे ॥ ५ ॥ सा हि मे जननी धन्या हरिं दृष्ट्वा पुनर्गतम् ॥ कृतार्थं सर्वथा देवी प्रक्ष्यत्येषा मनस्विनी ॥६॥ मुखमुन्निद्रहेमाब्जकिञ्जल्कसदृशप्रभम् ॥ द्रक्ष्यामि देवदेवस्य चक्रिणः शार्ङ्गधन्वनः ॥ ७ ॥ वपुर्द्रक्ष्याम्यहं विष्णोर्नीलोत्पलदलच्छवि ॥ शङ्ख-चक्रगदाशार्ङ्गवनमालाविभूषितम् ॥८॥ नेत्रे ते देवदेवस्य पद्मकिञ्जल्कसप्रभे ॥ पश्याम्यमहदीनात्मा नष्टदुःखोऽस्मि निर्वृतः ॥ ९ ॥ अपि द्रक्ष्यति योगात्मा सौम्येनैव स्वचक्षुषा ॥ अपि वा मत्प्रियं ब्रूयात्स्वस्ति चेति च वा वदेत् ॥ १० ॥ द्रक्ष्यामि चक्रिणो वर्ष्म ततस्त्रैलोक्यसन्निभम् ॥ पादाब्जं

मेरा उपकार भी किया है । उसकी प्रेरणासे ही तो मुझे भगवान कृष्णका दर्शन प्राप्त होगा ॥ ३ ॥ ४ ॥ आज मुझसे बढ़कर धन्य और कोई न होगा । क्योंकि आज मुझे द्वारकापुरीमें भगवान कृष्णका दर्शन मिलेगा ॥ ५ ॥ जब मैं श्रीहरिका दर्शन करके घर लौटूँगा तो मुझे देखकर मेरी माता भी धन्य हो जायगी और अपनेको कृतार्थ मानेगी ॥ ६ ॥ आज मैं शार्ङ्गधनुर्धर तथा चक्रपाणि देवदेव नारायणका विकसित स्वर्णकमलके समान सुन्दर मुखारविन्द देखूँगा ॥ ७ ॥ आज मैं भगवान विष्णुका शंख-चक्र-गदा-शार्ङ्गधनुष तथा वनमालासे विभूषित नीलकमलदल सदृश श्याम शरीर अवलोकन करूँगा ॥ ८ ॥ उन देवदेवके पद्मकिंजल्क सदृश नेत्रोंको देखूँगा, तैसे ही मेरे सब दुःख दूर हो जायँगे और मेरा मन आनन्दपरिपूर्ण हो जायगा ।९॥ वे योगात्मा महाप्रभु क्या मुझे अपने सौम्य नेत्रोंसे निहारेंगे ? क्या मुझसे प्रेमपूर्वक सम्भाषण करेंगे ? उनके मुखसे निकले कल्याणमय वाक्य क्या मैं सुन सकूँगा ? ॥१०॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आज मैं भगवानका त्रिलोकीके समान विशाल भव्य आकार देखूँगा। उन चक्रपाणि भगवान कृष्णके चरणकमलोंको देखनेके लिए मेरा मन उतावला हो रहा है ॥ ११ ॥ अहो! भगवान-का रत्नाकृलंत वक्षःस्थल कितना सुन्दर होगा। मैं उन्हींका सतत चिन्तन करता चल रहा हूँ ॥ १२ ॥ पीतकौशेयवसन तथा लम्बे हारसे विभूषित एवं मन्द मुस्कानसे भरे अधरोंयुक्त भगवान कृष्णका मैं बार-बार दर्शन करूँगा ॥ १३ ॥ उनके मनोहर रूपका स्मरण करके ही मुझे रोमाञ्च हो रहा है। मैं चल रहा हूँ, किन्तु मुझे ऐसा लगता है कि वे शंख-चक्र-गदा-खड्गधारी भगवान मेरे सम्मुख खड़े हैं ॥ १४ ॥ मुझे ऐसा ज्ञात होता है कि वे मेरे आगे टहल रहे हैं। 'ये वे ही हैं' ऐसा कहनेके लिए मेरी जिह्वा फड़क रही है ॥ १५ ॥ किन्तु 'हे कृष्ण! तुम कर दो' यह कहना मेरे लिए अतीव कष्टकर होगा। उनके सम्मुख जाकर 'हे कृष्ण! तुम राजा हंसके करदाता हो, तुम उनके आज्ञाकारी सेवक हो।' ऐसी बातें उनसे

चक्रिणो द्रष्टुं त्वरत्येव च मे मनः ॥११॥ वक्षःस्थलं सदा विष्णोः स्फुरद्रत्नप्रभायुतम् ॥ पश्यन्निव च गच्छामि स्मरंश्चानिशमीश्वरम् ॥१२॥ पीत-कौशेयवसनं लम्बहारविभूषितम् ॥ ईषत्स्मिताधरं विष्णुं पश्यामि च पुनः पुनः ॥१३॥ स्मरतश्च हरे रूपं रोमहर्षोऽयमीदृशः ॥ गच्छतश्च पुरो भाति शङ्खचक्रगदासिमान् ॥ १४ ॥ यातीव च पुरो भाति मह्यं देवो जगद्गुरुः ॥ एषोऽयमिति मे वक्तुं जिह्वा प्रस्फुरतीव तम् ॥ १५ ॥ इदं दुःखतरं मन्ये करं देहीति यद्वचः ॥ इदं तत्साहसं मन्ये तद्वचस्तस्य भूपतेः ॥१६॥ हंसस्य करदो विष्णुस्तदाज्ञापरिचारकः ॥ तस्य सर्वं पुरो गत्वा वक्ता-ऽहं किल निर्दयः ॥ १७ ॥ मूढानामग्रणीरस्मि निर्लज्जश्च तथा वदन् ॥ करं देहि हरे विष्णो हंसस्य यदुपुङ्गव ॥१८॥ लवणानि बहून्याशु दात-व्यानि करात्मना ॥ इति वक्तुं न मे युक्तं पुरतस्तस्य शार्ङ्गिणः ॥ १९ ॥ तथाऽपि मित्रभावात्तु हंसस्य घोरमीदृशम् ॥ कष्टो ह्ययं मित्रभावो मनु-ष्याणां कृतात्मनाम् ॥ २० ॥ अथवा सर्वविद्विष्णुः सर्वस्य हृदि संस्थितम् ॥ जानात्येव सदा भावं प्राणिनां शोभने रतः ॥२१॥ तथा सति न मे दोषो मित्रभावो यतो ह्ययम् ॥ सर्वथा रक्षतां विष्णुर्घोरं वक्तुं गतस्य मे ॥ २२ ॥ द्रक्ष्याम्यहं जगन्नाथं नीलकुञ्चितमूर्द्धजम् ॥ कम्बुग्रीवधरं विष्णुं श्रीवत्साच्छादितोरसम् ॥ २३ ॥ स्फुरत्पद्ममहाबाहुं रत्नच्छायाविराजितम् ॥ द्रक्ष्यामि केशवं विष्णुं चक्रिणं यादवेश्वरम् ॥२४॥ अचिन्त्यविभवं देवं

कैसे कहूँगा ?' ॥ १६ ॥ १७ ॥ मैं मूर्खोंका अग्रणी और निर्लज्जोंका मुखिया कहलाऊँगा, यदि भगवानके पास जाकर यह कहूँगा कि तुम कर प्रदान करो और प्रचुर परिमाणमें नमक एकत्र करके राजा हंसके पास पहुँचाओ। उन शार्ङ्गधनुर्धारी भगवानसे ऐसा कहना अशोभन होगा ॥ १८ ॥ १९ ॥ किन्तु हंसके साथ मैत्री होनेके नाते मुझे ये भयंकर बातें भी कहनी ही होंगी। अच्छे स्वभाववाले मनुष्योंके लिए मित्रता बड़ी दुःखदायिनी होती है ॥ २० ॥ अथवा वे भगवान सर्वज्ञ हैं और सबके हितमें तत्पर रहते हैं। किसीके हृदयका भाव उनसे छिपा नहीं रहता ॥ २१ ॥ मित्रतावश मुझे यह काम करना पड़ रहा है, इस बातको वे भली-भाँति समझ लेंगे। अतएव वे मेरे इस कार्यको दूषणके रूपमें नहीं गिनेंगे। हे नारायण! मेरा मुख अत्यन्त भयंकर बात कहनेके लिए प्रस्तुत हो रहा है। आप मेरी रक्षा करिएगा ॥ २२ ॥ आज मैं जगन्नाथ, कुंचितकेश, कम्बुग्रीव, श्रीवत्सलांछित वक्षःस्थल, महाबाहु, रत्नबिम्बधर,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

केशव, विष्णु, चक्रधर, यादवेश्वर, अचिन्त्यवैभवसम्पन्न, जलशायी और भूत-भविष्य-वर्तमानके अधीश्वर भगवान कृष्णको मैं इच्छा भर देखूँगा ॥ २३–२५ ॥ हे प्रभो ! आपका दर्शन पाकर मैं कृतार्थ हो जाऊँगा और मेरे मनका ताप मिट जायगा । श्रीहरिका दर्शन पानेके बाद मेरा जीवन सफल हो जायगा ॥ २६ ॥ भगवानका साक्षात्कार करके मेरे यज्ञ सफल होंगे और उन जगन्मय विष्णुभगवानका अवलोकन करके मेरे नेत्र कृतकृत्य हो जायँगे ॥ २७ ॥ किन्तु मेरे मुखविवरसे जो घोरतर वाक्य निकलेंगे, उन्हें सुनकर वे प्रसन्न होंगे या नहीं । यह नहीं मालूम । जो भी हो, आज दोनों नेत्र खोलकर मैं भली-भाँति भगवानका दर्शन करूँगा ॥ २८ ॥ आज मैं वारम्बार उनको आपाद-मस्तक निहारूँगा । आज मैं अपने दोनों नेत्रोंसे छककर उनकी सौन्दर्यसुधाका पान करूँगा ॥ २९ ॥ आज मैं उनकी शान्तिदायिनी चरणधूलिको अपने मस्तकपर चढ़ाऊँगा । इससे मैं कृतार्थ हो जाऊँगा । क्योंकि उनका चरणरज स्वर्गका सोपानस्वरूप होगा ॥ ३० ॥ आज मैं उनकी मेघ-गम्भीर-निर्घोष जैसी कण्ठध्वनि सुनूँगा । मुझे ऐसा लगता है कि मैं उन भगवानके चरणकमलोंका दर्शन कर रहा हूँ ॥ ३१ ॥

भूतभव्यभवत्प्रभुम् ॥ आत्मेच्छया जगद्रक्षं द्रक्ष्यामि जलशायिनम् ॥२५॥ कृतार्थः सर्वथा चाहं भवामि विगतज्वरः ॥ अद्य मे सफलं जन्म साक्षाद्दृष्टवतो हरिम् ॥२६॥ अद्य मे सफला यज्ञाः साक्षात्कृतवतो हरिम् ॥ नेत्रे मे सफले विष्णुं पश्यतश्च जगन्मयम् ॥२७॥ प्रीतिमानस्तु मे विष्णुर्वक्तुर्घोरस्य कर्मणः ॥ उन्मिषन्नेत्रयुग्मेन द्रक्ष्यामि सकृदीश्वरम् ॥२८॥ आमूलमसकृद्विष्णुं पश्यामि च पुनः पुनः ॥ पिबामि नेत्रयुग्मेन वपुः कृष्णस्य केवलम् ॥२९॥ धारयिष्याम्यहं पांसुं तत्पादप्रभवं शिवम् ॥ ततः कृतार्थतां यास्ये स्वर्गमार्गे हि तद्रजः ॥३०॥ मेघगम्भीरनिर्घोषं श्रोष्यामि च हरेः स्वरम् ॥ पादाब्जं चक्रिणो विष्णोः पश्यामि च जगत्पतेः ॥३१॥ पश्यामि च हरेर्वक्त्रं पूर्णेन्दुसदृशप्रभम् ॥ हरेरिदं जगद्रूपं पश्यामीव च सर्वतः ॥ ३२ ॥ प्रसीदतु सदा विष्णुरयुक्तं वक्तुमिच्छतः ॥ आलोलकुण्डलयुतं हरिचन्दनचर्चितम् ॥३३॥ स्फुरत्केयूररत्नार्चिर्बाहुद्वयविराजितम् ॥ सव्येद्योतन्महाशंखं रश्मिजालविराजितम् ॥ ३४ ॥ प्रोद्यद्भास्करवर्णाभं चक्रज्वालाविराजितम् ॥ प्रोज्ज्वलत्कङ्कणयुतं तप्तजाम्बूनदाङ्गदम् ॥ ३५॥ पीतकौशेयवसनं विस्तीर्णोरस्कमच्युतम् ॥ कदा द्रक्ष्यामि देवेशमिदानीमथवाऽन्यदा ॥ ३६ ॥ सर्वथा कृतकृत्योऽहं यद्वपुर्द्रष्टुमुद्यतः ॥ नमो मह्यं नमो मह्यं यतो द्रष्टु महं हरिम् ॥३७॥ उद्यतोऽस्मि जगन्नाथं बलभद्रकृतास्पदम् ॥ द्रक्ष्याम्यवश्यमद्यैव जिष्णुं विष्णुं जगद्गुरुम् ॥३८॥ श्रीकौस्तुभोद्भ-

जैसे मैं उनका पूर्णचन्द्रसदृश शुभ्र मुखमण्डल देख रहा हूँ और जैसे उनका जगन्मय स्वरूप मेरे नेत्रोंके आगे नाच रहा है ॥ ३२ ॥ अशिष्ट वाक्य कहनेके लिए उद्यत मुझ अधमपर वे विष्णुभगवान प्रसन्न हों । उनके कानोंमें कुण्डल झूलते रहते हैं और उनका सारा शरीर मलयचन्दनसे चर्चित रहता है ॥ ३३ ॥ उनकी दोनों भुजायें केयूरमें जड़े हुए रत्नोंसे सदा देदीप्यमान रहती हैं । उनके दाहिने हाथमें भास्वर महाशंख विराजमान रहता है ॥ ३४ ॥ देदीप्यमान सूर्यमंडलके सदृश चक्रकी ज्वाला उनके चारों ओर फैली रहती है । उनके हाथोंमें चमकीला कंकण तथा स्वर्णमय अङ्गद विद्यमान रहता है ॥ ३५ ॥ उन पीतकौशेयवसनधारी तथा विस्तीर्ण वक्षस्थलवाले देवदेव भगवान कृष्णको मैं अभी अथवा कुछ देर बाद अवश्य देखूँगा ॥ ३६ ॥ जो भगवानका दर्शन करनेके लिए उद्यत हूँ, इसीसे मैं कृतकृत्य हो गया । अतएव मैं धन्य हूँ और अपनेको बारबार नमस्कार करता हूँ ॥३७॥ जब मैं बलभद्र-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

के साथ विराजमान जगत्पति भगवान् कृष्णका दर्शन करनेके लिए उद्यत हूँ, तब मुझसे बढ़कर धन्य और कौन होगा ? जैसे भी होगा, आज मैं उन विजयी और जगद्गुरु विष्णु भगवानका दर्शन अवश्य करूँगा ॥ ३८ ॥ उनका विशाल वक्षस्थल कौस्तुभ मणिकी प्रभासे सुशोभित रहता है। उनका परिधान पीताम्बर है नेत्र कमलके समान विस्तृत हैं। मकराकृति कुण्डल उनके कानोंमें झूलते हैं। उनके मस्तकपर किरीट, हाथमें चक्र और गदा विराजमान रहती है। भगवानका वह तेजोमय शरीर मेरा कल्याण करे ॥ ३९ ॥ शास्त्ररूपी महासर्पके संयोगसे विशुद्ध अन्तःकरणरूपी मन्दरपर्वत द्वारा वेदरूपी समुद्रका मन्थन करनेपर जो नारायणरूपी अमृत निकला था और देवतागण जिसे सदा पीते रहते हैं, मैं भी आज उस नारायणनामक अपूर्व सुधाका पान करूँगा ॥ ४० ॥ मुमुक्षु व्यक्ति जिनका ध्यान धरते हैं, जो असीम हैं, जिनका आदि और अन्त नहीं है। जो स्थूल, सूक्ष्म, अद्वितीय, अनेक और सबके मूल कारण हैं। जिनसे त्रिलोकीको उत्पन्न करनेवाली ज्योति उत्पन्न हुई है। देवगण नित्य जिनकी वन्दना करते हैं, वे अचिन्त्य देव मेरे हृदय और नेत्रोंमें विराजमान होवें ॥४१॥

वरुचि स्फुरितोरुवक्षः पीताम्बरं मकरकुण्डलपङ्कजाक्षम् ॥ कृष्णं किरीटवरचक्रगदोर्ध्वहस्तं तेजोमयं मम हरेर्वपुरस्तु भूत्यै ॥ ३९ ॥ वेदोदधौ विशद-शास्त्रमहाहियोगे निष्णातशुद्धमतिमन्दरमथ्यमाने ॥ उद्योतमानममरैरनिशं निषेव्यं नारायणाख्यममृतं प्रपिबामि चाद्य ॥ ४० ॥ ध्येयं मुमुक्षुभिरमेय-मनाद्यमन्तं स्थूलं सुसूक्ष्मतरमेकमनेकमाद्यम् ॥ ज्योतिस्त्रिलोकजनकं त्रिदशैकवन्द्यमक्ष्णोर्ममास्तु सततं हृदयेऽच्युताख्यम् ॥ ४१ ॥ चिन्तयन्निति विप्रेन्द्रो ययौ द्वारवतीं पुरीम् ॥ मत्वा कृतार्थमात्मानं वाहयन्हयमुत्तमम् ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भको-पाख्याने विप्रस्य द्वारवतीगमने पंचदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ स निवेदितसर्वस्वो द्वाःस्थेन हि जनार्दनः ॥ अथ प्रविश्य धर्मात्मा सुधर्मां वै द्विजोत्तमः ॥१॥ अपश्यद्देवदेवेशं सुधर्मा-कृतिसंस्थितम् ॥ बलभद्रेण संयुक्तमध्यासितमहासनम् ॥२॥ अग्रतः स्थितशैनेयं पार्श्वतः स्थितनारदम् ॥ दुर्वाससा कृतकथमुग्रसेनपुरस्कृतम् ॥३॥ गायद्गन्धर्वमुख्यैश्च नृत्यदप्सरसां गणैः ॥ सेव्यमानं महाराज सूतमागधबन्दिभिः ॥ ४ ॥ उद्गीयमानयशसं माधवं मधुसूदनम् ॥ उद्गीयमानं विप्रैश्च

हे महाराज ! विप्रवर जनार्दन इस प्रकार विविध तर्कनायें करता हुआ अपनेको कृतार्थ मानकर वेगके साथ घोड़ा दौड़ाता हुआ द्वारकापुरी जा पहुँचा ॥ ४२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११५ ॥

(भगवान कृष्णका भाषण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! द्विजवर जनार्दनने द्वारपर पहुँचकर द्वारपालको अपने आगमनका समाचार भगवानके पास ले जानेके लिए कहा। द्वारपाल भीतर गया और भगवानकी अनुमति लेकर ब्राह्मणदेवताको उसने राजसभाके भीतर पहुँचाया ॥ १ ॥ वहाँ पहुचकर जनार्दनने देखा कि भगवान कृष्ण बलभद्रजीके साथ एक महान् आसनपर विराजमान हैं ॥२॥ शैनेय सात्यकि और उग्रसेन उनके सन्मुख और देवर्षि नारद बगलमें बैठे हैं। दुर्वासाका कथन उनके ध्यानमें है ॥ ३ ॥ मुख्य-मुख्य गन्धर्व गा रहे हैं और अप्सरायें नाच रही हैं। सूत, मागध और बन्दीजन उनका सुयश बखान रहे हैं। सामवेदी ब्राह्मणगण सामगान कर रहे हैं। वहाँ भगवान और उनके भवनका भव्य वातावरण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देखकर विप्र जनार्दनका हृदय आनन्दसे परिपूर्ण हो गया और रोमाञ्च हो आया ॥ ४ ॥ ५ ॥ तदनन्तर विप्रदेवने कहा—'प्रभो! मैं जनार्दन आपको प्रणाम करता हूँ। इसके पश्चात् उसने बलभद्रजीको भी मस्तक झुकाकर प्रणाम किया ॥ ६ ॥ प्रणाम करनेके बाद उसने कहा—'हे देवदेवेश! मैं हंस और डिम्भकका दूत हूँ।' उसके ऐसा कहते ही भगवान बोले— ॥ ७ ॥ 'पहले आप इस विष्टर (आसन) पर बैठ जाइए। उसके बाद अपना प्रयोजन बताइएगा।' 'तथास्तु' कहकर ब्राह्मणदेवता उस उत्कृष्ट आसनपर विराजमान हो गये ॥ ८ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णने वाणी द्वारा सत्कार करके ब्रह्मदत्त, हंस तथा डिम्भकका कुशल-क्षेम पूछा ॥ ९ ॥ और कहा—मैंने उनकी वीरताका वृत्तान्त पहलेसे ही सुन रक्खा है। हे विप्र! आपके पिताजी तो सकुशल हैं? ॥ १० ॥ विप्र जनार्दनने कहा—हे जगन्नाथ! राजा ब्रह्मदत्त, हंस, डिम्भक और मेरे पिताजी सब सकुशल हैं ॥ ११ ॥ भगवान फिर बोले—

सामभिः सामगैर्हरिम् ॥ दृष्ट्वा प्रीतमना विष्णुं प्रोद्भूतपुलकच्छविः ॥ ५ ॥ नाम्ना जनार्दनोऽस्मीति ननाम चरणौ हरेः ॥ बलभद्रं ततो देवं ववन्दे शिरसा द्विजः ॥६॥ दूतोऽस्मि देवदेवेश हंसस्य डिम्भकस्य च ॥ इति ब्रुवाणं विप्रेन्द्रमिदमाह स माधवः ॥७॥ आस्स्वेदं विष्टरं पूर्वं पश्चाद्ब्रूहि प्रयोजनम् ॥ तथेति चाब्रवीद्विप्रो महदासनमास्थितः ॥ ८ ॥ वाचा संपूज्य विप्रेन्द्रमपृच्छत्कुशलं हरिः ॥ ब्रह्मदत्तस्य राजेन्द्र हंसस्य डिम्भकस्य च ॥९॥ श्रुतं चापि तयोर्वीर्यं प्रयोजनमतो द्विज ॥ अपि वा कुशलं विप्र पितुस्तव जनार्दन ॥ १० ॥ जनार्दन उवाच ॥ कुशलं ब्रह्मदत्तस्य पितुश्च मम केशव ॥ तयोरेव जगन्नाथ हंसस्य डिम्भकस्य च ॥ ११ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ किमाहतुर्महीपालौ तौ हंसडिम्भकौ नृपौ ॥ ब्रूहि सर्वमशेषेण नात्र शङ्का द्विजोत्तम ॥१२॥ वाच्यं वाऽप्यथवाऽवाच्यं कर्तव्यमथ चेतरत् ॥ श्रुत्वा तस्य विधास्यामो युक्तरूपं द्विजोत्तम ॥ १३ ॥ दूतो हि सर्वथा विप्र न वाच्यावाच्यकल्पना ॥ यत्कर्मकारनिर्दिष्टं तद्वाच्यं दूतजन्मना ॥ १४ ॥ नात्र शङ्का त्वया कार्या वक्तव्यस्येतरस्य च ॥ अतो वद यथा प्रोक्तं ताभ्यामिह जनार्दन ॥ १५ ॥ केशवेनैवमुक्तस्तु प्रोवाच स जनार्दनः ॥ अजानन्निव किं ब्रूषे सर्वं प्रत्यक्षदर्शिवान् ॥ १६ ॥ न चास्ति ते परोक्षं तु जगद्वृत्तान्तमच्युत ॥ सर्वं हि मनसा पश्यन्कि त्वमात्थ वदेति माम् ॥ १७ ॥ विद्वद्भिर्गीयसे विष्णो त्वमेव जगतीपते ॥ इच्छया सर्वमाप्नोषि दृष्टादृष्टविवेचनम्

हे द्विजोत्तम! अब यह बतायें कि राजा हंस और डिम्भकने क्या कहा है। किसी बातकी शंका न करके आप सब बातें ठीक-ठीक कह सुनायें ॥ १२ ॥ आपकी बातें सुननेके बाद ही मैं अपने कर्तव्य-अकर्तव्य कार्यके विषयपर विचार करूँगा ॥ १३ ॥ हे विप्रवर! आप दूत हैं। अतएव आप वाच्य अथवा अवाच्य बातोंकी विवेचना न करिएगा। राजा जो आदेश दे, वह कहना दूतका कर्तव्य है ॥ १४ ॥ राजाका सन्देश कहने योग्य हो या नहीं, इस विषयमें आप कोई सन्देह न करें। उन्होंने जैसा कहा हो, ठीक वही बात कह सुनायें ॥ १५ ॥ भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर विप्र जनार्दनने कहा—भगवन्! आप सर्ववृत्तान्तविज्ञ होते हुए भी इस प्रकार अनजानकी तरह क्या कह रहे हैं? ॥ १६ ॥ संसारका कोई भी ऐसा वृत्तान्त नहीं है, जो आपसे छिपा हो। आप मन ही मन सब कुछ प्रत्यक्ष देख रहे हैं। तब आप मुझसे कहनेको क्यों कहते हैं? ॥१७॥ हे जगत्पते! हे विष्णो! विद्वान् लोग आपकी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महिमाका गान करते हैं। आप जो चाहें सो एक स्थानपर बैठे ही बैठे सब कुछ देख और जान सकते हैं ॥१८॥ हे प्रभो! वस्तुतः यह समस्त विश्व आपका ही स्वरूप है और सब कुछ आपमें ही समाया हुआ है। सचराचर विश्वमें एक भी पदार्थ ऐसा नहीं है, जो आपसे रहित हो ॥ १९ ॥ हे जगत्पते! आपके लिए कोई भी वस्तु अज्ञेय नहीं है। क्योंकि आप सब जीवोंके इन्द्र, संहारकारी रुद्र, विष्णुरूपमें समस्त संसारके रक्षक और ब्रह्माके रूपसे संसारके रचयिता हैं। तब आप मुझसे कहनेको क्यों कहते हैं ॥२०॥२१॥ हे माधव! ज्ञानी लोग आपको ज्ञानात्मा और प्राणतत्त्वके ज्ञाता प्राण कहते हैं ॥२२॥ हे पुरुषोत्तम! शब्दशास्त्रके विज्ञजन आपको शब्दब्रह्म कहक‍र पुकारते हैं। यह सब होत हुए भी हे हृषीकेश! आप मुझसे कहनेका अनुरोध क्यों करते हैं? ॥ २३ ॥ फिर भी जब आप मुझसे कहनेका ही आग्रह कर रहे हैं तो मैं सब कुछ व्यक्त कर रहा हूँ, सुनिये ॥ २४ ॥ इस समय राजा ब्रह्मदत्त राजसूय यज्ञ

॥ १८ ॥ त्वमेवेदं जगत्सर्वं जगच्च त्वयि तिष्ठति ॥ न त्वया रहितो ह्येकः पदार्थः सचराचरः ॥१९॥ नास्ति किंचिदवेद्यं ते सर्वगोऽसि जगत्पते ॥
त्वमिन्द्रः सर्वभूतानां रुद्रः संहारकर्मकृत् ॥ २० ॥ रक्षिताऽसि सदा विष्णुः सर्वलोकस्य माधव ॥ संसारस्य भवान्स्रष्टा किं त्वमात्थ वदेति माम्
॥ २१ ॥ विद्वद्भिर्गीयसे नित्यं ज्ञानात्मेति च माधव ॥ प्राणं प्राणविदः प्राहुस्त्वामेव पुरुषोत्तम ॥२२॥ शब्दं शब्दविदः प्राहुस्त्वामेव पुरुषोत्तम ॥
तथा सति हृषीकेश किं त्वमात्थ वदेति माम् ॥ २३ ॥ तथापि शृणु देवेश चोदितोऽस्मि यतस्त्वया ॥ वदेत्यसकृद्देवैतत्तस्माद्वक्ष्यामि माधव ॥२४॥
राजसूयेन यज्ञेन ब्रह्मदत्तोऽद्य यक्ष्यते ॥ तदर्थं प्रेषितस्ताभ्यां हंसेन डिम्भकेन च ॥२५॥ करार्थं यदुमुख्येभ्यस्तव चामन्त्रणाय हि ॥ लवणं बहु देयं
ते यज्ञार्थं तस्य केशव ॥२६॥ इत्यर्थं प्रेषितस्ताभ्यां करं देहि तदाज्ञया ॥ इदं त्वमपरं ताभ्यामुक्तं शृणु जगत्पते ॥२७॥ लवणानि बहून्याशु प्रगृह्य
त्वरितं भवान् ॥ आगच्छतु तयो राज्ञोः सेयं केशव वाग्विभो ॥२८॥ इत्युक्तवति विप्रेन्द्रे दूते तत्र तयोर्नृप ॥ प्रहस्य सुचिरं कृष्णो बभाषे दूतमी-
श्वरः ॥२९॥ शृणु दूत वचो मह्यं युक्तमुक्तं द्विजोत्तम ॥ करं ददामि ताभ्यां तु करदोऽस्मि यतो नृप्रः ॥३०॥ धार्ष्ट्यमेतत्तयोर्विप्र मत्तो यस्तु कर-
ग्रहः ॥ अहो धार्ष्ट्यमहो धार्ष्ट्यं तयोः क्षत्रियबीजयोः ॥ ३१ ॥ इदमश्रुतपूर्वं मे मत्तो यस्तु करग्रहः ॥ इत्युक्त्वा केशवो दूतमिदमाह स्म यादवः

करनेके लिये तैयार बैठे हैं। इसी कारण हंस और डिम्भकने मुझे आपके पास भेजा है ॥ २५ ॥ यादवोंसे कर उगाहना, यज्ञके लिये नमक वसूलना और आपको निमन्त्रण देना ही मेरे आगमन मुख्य उद्देश्य है ॥ २६ ॥ अतएव इस समय आप मुझे कर प्रदान करके शीघ्र प्रचुर परिमाणमें लवण लेकर यज्ञशालामें उपस्थित हों। यही आपके लिए उन दोनोंका आदेश है ॥ २७ ॥ २८ ॥ हंस और डिम्भकके दूत विप्र जनार्दनके ऐसा कहनेपर भगवान कृष्ण बड़ी देरतक हँसते रहे। तदनन्तर उस दूतसे उन्होंने कहा—॥ २९ ॥ हे दूत! आपको जो कहना था, सो कह चुके। अब मैं कहता हूँ, वह सुनिये—मैं तुम्हारे राजाका करदाता हूँ। अतएव कर अवश्य दूँगा। किन्तु हे विप्र! यह उनकी बहुत बड़ी धृष्टता है, जो मुझसे कर माँगनेका साहस करते हैं। उन क्षत्रियोंकी यह धृष्टता! ॥ ३० ॥ ३१ ॥ आजतक किसीने मुझसे कर माँगा हो, यह बात मैंने कभी सुनी ही नहीं। दूतसे ऐसा कहकर भगवान वहाँ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उपस्थित यादवोंसे कहा—॥ ३२ ॥ यादवगण ! कितने आश्चर्यकी बात है। राजा ब्रह्मदत्त राजसूय यज्ञ करना चाहते हैं और उन्होंने मुझसे कर माँगा है ॥ ३३ ॥ हंस और डिम्भक उसके द्वारा यज्ञ करायेंगे और हम यादव उस दुरात्मा ब्रह्मदत्तके लिये नमक ढोकर ले चलेंगे ॥ ३४ ॥ यादवगण ! मैं ब्रह्मदत्तकी करदायक प्रजा हूँ। इसका तो यही मतलब हुआ कि मैं उससे पराजित हो गया हूँ। कितनी हँसीकी बात है ॥ ३५ ॥ भगवान कृष्णके ऐसा कहनेपर बलराम आदि वहाँ जितने यादव थे, वे सब ठठाकर हँसने लगे ॥ ३६ ॥ इधर सभी यादवगण "भगवान कृष्ण ब्रह्मदत्तके करदाता हैं" यह कहकर तालियें बजाते हुए जोरसे हँस पड़े ॥ ३७ ॥ उनकी तालियों तथा हास्यके निनादसे समस्त आकाशमण्डल गूँज उठा। हे महाराज ! उस समय विप्रवर जनार्दनने अपने मित्रकी निन्दा करते तथा दूतके कार्यको धिक्कारते हुए मन ही मन कहा—॥३८॥ 'अहो ! दूतका कार्य कितना निकृष्ट कार्य है। सो मुझे

॥३२॥ हास्यमेतद्यदुश्रेष्ठा मत्तो यस्तु करग्रहः ॥ यष्टाऽसौ राजसूयस्य ब्रह्मदत्तो महीपतिः ॥३३॥ तौ तं याजयितारौ हि हंसो डिम्भक एव च ॥ वोढा किल यदुश्रेष्ठो लवणस्य दुरात्मनः ॥३४॥ करदो वासुदेवो हि जितोऽस्मि यदुसत्तमाः ॥ हास्यं हास्यमिदं भूयः शृणुध्वं यादवा वचः ॥३५॥ इत्युक्तवति देवेशे बलभद्रपुरोगमाः ॥ यादवाः सर्व एवैते हासाय समवस्थिताः ॥३६॥ करदः कृष्ण इत्येव ब्रुवन्तः सर्वसात्वताः ॥ हासं मुमुचुरत्यर्थं तलं दत्त्वा परस्परम् ॥३७॥ तलशब्दो हासशब्दो रोदसी पर्यपूरयत् ॥ स च विप्रो नृपश्रेष्ठ निन्दयन्मित्रमात्मनः ॥३८॥ अहो कष्टमहो कष्टं दौत्यं यत्कृतवाहनम् ॥ इति लज्जासमाविष्टस्तूष्णीमासीदवाङ्मुखः ॥ ३९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने वासुदेववाक्यं नाम षोडशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ हासं कुर्वत्सु तेष्वेवं केशवः केशिसूदनः ॥ उवाच वचनं दूत गच्छ मद्वचनाद्द्विज ॥ १ ॥ तावित्थं हंसडिम्भकौ ब्रूहि त्वरितविक्रमः ॥ बाणैर्दास्यामि निशितैः शार्ङ्गमुक्तैः शिलाशितैः ॥ २ ॥ असिना वाऽथ दास्यामि निशितेन महात्मनोः ॥ शिरो वां छेत्स्यते चक्रं मत्करप्रहितं बलिम् ॥ ३ ॥ यो वरं दत्तवान्रुद्रो युवयोर्धार्ष्ट्यकारणम् ॥ स एव रक्षिता वां स्यात्तं जित्वा वां निहन्म्यहम् ॥ ४ ॥ देशोऽयं संविधातव्यो यत्र नः संगतिर्भवेत् ॥ तत्र गन्ता तथा चास्मि सबलः सहवाहनः ॥ ५ ॥ भवन्तौ निर्भयौ भूत्वा गच्छेतां सबलौ नृपौ ॥

भी यह काम करना पड़ा।' यह सोच तथा लज्जासे मुख नीचे करके चुपचाप बैठ गया ॥३९॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां षोडशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥११६॥

(हंस और डिम्भकके लिए भगवानका सन्देश) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इस प्रकार जब सब लोग ठठाकर हँसने लगे। तब भगवान कृष्णने कहा—दूत ! तुम जाओ। जाकर मेरे कथनानुसार हंस तथा डिम्भकसे कह दो कि मैं जाकर अपने शार्ङ्ग धनुषसे छूटे हुए शिलाशाणित बाणों अथवा अपनी तीक्ष्ण तलवार द्वारा उन दोनों महात्माओंका कर चुकाऊँगा। मेरे हाथसे प्रेरित चक्र उनका सिर काटकर धड़से अलग कर देगा ॥ १-३ ॥ जिन रुद्रदेवने वरदान देकर उनकी धृष्टता बढ़ायी है, वे यदि उनकी सहायताके लिए आयेंगे तो उन्हें भी परास्त करके मैं हंस और डिम्भकका वध करूँगा ॥ ४ ॥ जहाँ वे मेरा सामना करना चाहें, वह स्थान बता दें। मुझे जैसे ही इस बातका पता लगेगा, तैसे ही मैं अपनी सवारी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और सेना समेत वहाँ जा उपस्थित हूँगा ॥ ५ ॥ तुम जाकर उनसे कह कि दो वे दोनों निर्भयभावसे अपनी सेनाके साथ पुष्कर, प्रयाग अथवा मथुरामें मिलें ॥ ६ ॥ मैं अपनी सेना समेत वहाँ अवश्य पहुँचूँगा । इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है । किन्तु मैत्रीके नाते तुम ऐसा सन्देश न कह सकोगे । अतएव तुम्हारे साथ सात्यकि जा रहे हैं । ये ही उन्हें सब बातें भली भाँति समझा देगें । हे द्विज ! तुम इनके साक्षी भर हो जाना ॥७॥८॥ दूसरी बात यह है कि तुम्हारे ऊपर मेरा विशेष स्नेह है । अतएव तुम इस दुःखपूर्ण संसारमें विजयी होकर हमारे भक्त कहलाते हुए सानन्द जीवन यापन करोगे ॥९॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां सप्तदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११७॥

(हंसका सम्भाषण) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! भगवान कृष्णने विप्र जनार्दनसे ऐसा कहकर सात्यकिसे कहा—॥ १ ॥ हे सात्यके ! तुम इन ब्राह्मण देवताके साथ-

पुष्करे वा प्रयागे वा मथुरायामथापि वा ॥ ६ ॥ तत्राहं सबलो याता नात्र कार्या विचारणा ॥ अथवा मित्रभावाच्च वक्तुमेवं न ते क्षमम् ॥ ७ ॥ न शक्यं यत्त्वया वक्तुं तच्च वक्ष्यति सात्यकिः ॥ त्वया सह ततो गत्वा साक्षिभूतो भव द्विज ॥ ८ ॥ इदं च जाने विप्रेन्द्र स्नेहो मम सदा त्वयि ॥ तेन त्वं विजयी भूत्वा संसारे दुःखसंकुले ॥ मत्कथापरमो नित्यं सदा भव जनार्दन ॥ ९ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने सप्तदशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११७ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्त्वा ब्राह्मणं कृष्णः सात्यकिं पुनराह सः ॥ १ ॥ गत्वा शैनेय विप्रेण ब्रूहि मद्वचनात्तयोः ॥ यन्मयोक्तमशेषेण वद गत्वा तयोः पुरः ॥ यथा नः संगतिर्युद्धे तथा वद बलात्तदा ॥ २ ॥ धनुरादाय गच्छ त्वं बद्धगोधाङ्गुलित्रवान् ॥ एकेनाश्वेन गच्छ त्वमसहायो यदूत्तम ॥ ३ ॥ सात्यकिस्तं तथेत्युक्त्वा हयमारुह्य शीघ्रगम् ॥ गन्तुमैच्छत्ततो राजन्नसहायः स सात्यकिः ॥ ४ ॥ जनार्दनं विसृज्याशु दूतं तं यादवेश्वरः ॥ अहो धार्ष्ट्यमहो धार्ष्ट्यमित्युवाच जनार्दनः ॥ ५ ॥ नमस्कृत्य तदा दूतो माधवं माधवेश्वरम् ॥ स ययौ शाल्वनगरं शैनेयेन समन्वितः ॥ ६ ॥ ततः प्रविश्य धर्मात्मा ब्राह्मणो ब्रह्मवित्तमः ॥ आसनं महदास्थाय विसृज्य यादवे पुनः ॥ ७ ॥ आस्ते सुखं यदा विप्रः शैनेयेन समन्वितः ॥ अथ तं हंसडिम्भयोर्दर्शयामास सात्यकिम् ॥ ८ ॥ दूतोऽयं सात्यकिः प्राप्तः सव्यो बाहुरयं हरेः ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा हंसः

साथ वहाँ जाकर मेरे आदेशानुसार उन्हें सब बातें कह सुनाओ और ऐसा कुछ करो कि जिससे युद्धभूमिमें ही मेरा तथा उनका साक्षात्कार हो ॥ २ ॥ तुम हाथमें अंगुलित्र बाँध तथा धनुष ले और घोड़ेपर सवार होकर अकेले जाओ ॥ ३ ॥ भगवानका ऐसा आदेश पाते ही सात्यकि विना किसीको साथ लिये अकेले ही घोड़ेपर सवार होकर चल पड़े ॥ ४ ॥ यादवेश्वर भगवान कृष्ण इस प्रकार दूत जनार्दन तथा सात्यकिको विदा करके हंस और डिम्भककी धृष्टताकी भर्त्सना करने लगे ॥ ५ ॥ उसी समय विप्र जनार्दन श्रीकृष्णको नमस्कार करके सात्यकिके साथ शाल्वनगरको चल पड़े ॥ ६ ॥ वहाँ पहुँचनेपर धर्मात्मा जनार्दन सात्यकिके साथ ब्रह्मदत्तके भवनमें प्रविष्ट होकर सात्यकिको उत्तम आसनपर बिठाला और स्वयं भी बैठे । तत्पश्चात् उन्होंने हंस और डिम्भकको बुलाकर परिचय कराते हुए

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहा—'ये सात्यकि हैं और श्रीकृष्णके दाहिने हाथ हैं। इस समय उनके दूत बनकर यहाँ आये हैं।' विप्र जनार्दनके वचन सुनकर हंसने कहा—॥ ७–९॥ 'मैंने इनके आगमनका समाचार पहले ही सुन लिया था। अब साक्षात्कार भी हो गया। यह भी सुना था कि ये धनुर्वेद, वेद, शस्त्र और शास्त्रके विषयमें विशेष निपुण हैं। ये असाधारण पराक्रमी और धैर्यवान् हैं। इनसे मिलकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ १० ॥ ११ ॥ इस समय श्रीकृष्ण, बलराम और उग्रसेन प्रभृति यादव तो सकुशल हैं ? ॥ १२ ॥ तब सात्यकिने तनिक मस्तक हिलाकर कहा कि ये सब लोग सानन्द हैं। तदनन्तर वाक्यकुशल हंसने जनार्दनसे कहा—॥ १३ ॥ यह तो बताइए कि चक्रधर कृष्णसे भेंट हुई ? मेरा काम बना ? अब व्यर्थ समय न बिताकर मुझे यही वृत्तान्त बताओ ॥ १४ ॥ इति श्रीमहाभारतसे हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टादशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११८ ॥

प्राह वचस्तदा ॥ ९ ॥ श्रुतः समागमः पूर्वमद्य दृष्टो मया त्वसौ ॥ धनुर्वेदे च वेदे च शस्त्रे शास्त्रे तथैव च ॥ १० ॥ निपुणोऽयं सदा धीर इत्येवमनुशुश्रुम ॥ अथो दृष्टिपथं प्राप्तः प्रीतिं नौ विदधात्यसौ ॥११॥ कुशलं वासुदेवस्य बलभद्रस्य वा पुनः ॥ कुशलाः सात्वताः सर्वे उग्रसेनपुरोगमाः ॥१२॥ तथेति सात्यकिः प्राह मन्दमुन्मथिताननः ॥ ततो जनार्दनं प्राह हंसो वाक्यविशारदः ॥१३॥ अपि दृष्टस्त्वया चक्री सिद्धं नः कार्यमीहितम् ॥ वद सर्वमशेषेण मा वृथा कालमत्यगाः ॥ १४ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने हंससम्भाषणे अष्टादशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ इत्युक्तवति हंसे च धर्मात्माऽथ जनार्दनः ॥ उवाच प्रहसन्वीरः स्तुवन्नारायणं तदा ॥ १ ॥ अद्राक्षमद्राक्षमहं जनार्दनं हस्तस्थशंखं वरचक्रधारिणम् ॥ आतप्तजाम्बूनदभूषिताङ्गदं स्फुरत्प्रभाद्योतितरत्नधारिणम् ॥२॥ अद्राक्षमेनं यदुभिः पुरातनैः संसेव्यमानं मुनिवृन्दमुख्यैः ॥ संस्तूयमानं प्रभुभिः समागधैः स्मितप्रवालाधरपल्लवारुणम् ॥ ३ ॥ अद्राक्षमेनं कविभिः पुरातनैर्विविच्य वेद्यं विधिवत्सहामरैः ॥ प्रफुल्लनीलोत्पलशोभितं श्रिया विनिद्रहेमाब्जविराजितोदरम् ॥४॥ भूयोऽहमद्राक्षमजं जगद्गुरुं प्रमोदयन्तं वचनेन यादवान् ॥ निरूपयन्तं विधिवन्मुनीश्वरैः

(सात्यकिका भाषण) वैशम्पायन बोले— हे महराज ! हंसके ऐसा कहनेपर धर्मात्मा जनार्दनने भगवान कृष्णकी स्तुति करते हुए प्रसन्नतापूर्वक कहा—॥ १ ॥ हे मित्र ! मैंने वहाँ जाकर देखा कि शंखचक्रधारी कृष्ण बैठे हुए हैं। देदीप्यमान स्वर्णालंकारोंसे उनके सभी अंग विभूषित हैं। रत्नोंकी दीप्तिसे उनका शरीर उद्भासित हो रहा है ॥ २ ॥ पुरातन यतिगण तथा मुख्य-मुख्य मुनिगण चारों ओर बैठे उनकी उपासना कर रहे हैं। बन्दीजन तथा मागधगण स्तुति करते हैं और भगवान पल्लवोंके समान अरुण अधरोंसे मन्द-मन्द मुसका रहे हैं ॥ ३ ॥ पुरातन कवि तथा विभिन्न देवगण ध्यानमग्न होकर तत्त्वका निर्णय करनेमें लौलीन हैं। प्रफुल्लित नीलकमलके सदृश उनकी मुखकान्ति है और विकसित स्वर्णकमलके समान उनका उदर सुशोभित हो रहा है ॥ ४ ॥ मैंने देखा कि वे अपने मधुर वाक्यविन्याससे यादवोंको आनन्दित कर रहे हैं। पुरातन मुनिगण वेदविधिके गूढ़ तत्त्वोंका विश्लेषण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कर रहे हैं ॥५॥ मैं उन लोकहितैषी जगन्मय प्रभु श्रीकृष्णभगवानको बार-बार निहारने लगा। मैंने सोचा कि समस्त शत्रुओंको परास्त करके संसारके कल्याणार्थ ही ये इस लोकमें विराजमान हैं ॥६॥ मैंने फिर देखा कि विहारकाल उपस्थित होनेपर वे मुख्य-मुख्य यादवोंके साथ क्रीड़ा कर रहे हैं ॥ ७ ॥ उसके बाद फिर देखा कि भक्तप्रिय, भक्तजनास्पद, समुद्रशायी, सर्वव्यापी, मंगलमय एवं कमलदललोचन भगवान कृष्णके साथ भीष्मतनया लक्ष्मी (रुक्मिणी) विहार कर रही हैं ॥ ८ ॥ उन्हें देखते ही परम आह्लादित होकर मेरे नेत्र कुछ मुँदसे गये और मैं बारम्बार उनकी रूपसुधाका पान करने लगा। उस समय मुझे ऐसा लगा कि मेरा जीवन सफल हो गया ॥ ९ ॥ उन विभु, भूतभावन, आद्य, युगलकमलधारी, सूर्यसदृश तेजस्वी श्रीकृष्णका बारम्बार स्मरण करके मुझे अपार आनन्द प्राप्त हुआ ॥ १० ॥ मैंने देखा कि उन जगदीशके वक्षस्थलपर कौस्तुभ मणि विराजमान है और उनपर एक साथ सैकड़ों चमर चल

प्रवृत्तवेदार्थविधिं पुरातनैः ॥५॥ अद्राक्षमद्राक्षमहं पुनः पुनः समस्तलोकैकहितैषिणं हरिम् ॥ वसन्तमस्मिञ्जगतो हिताय जगन्मयं तान्परिभूय शत्रून् ॥६॥ भूयोऽप्यपश्यं सह यादवेश्वरैर्विक्रीड्यमानं च विहारकाले ॥ रमन्तमीड्यं रमयन्तमीश्वरान्यदूत्तमान्यादवमुख्यमीश्वरम् ॥७॥ भूयोऽप्यपश्यं सरसीरुहेक्षणं समेतया भीष्मतनूजया हरिम् ॥ वसन्तमम्भोनिधिशायिनं विभुं भक्तप्रियं भक्तजनास्पदं शिवम् ॥ ८ ॥ अद्राक्षमद्राक्षमहं सुनिर्वृतः पिबन्पिबंस्तस्य वपुः पुरातनम् ॥ नेत्रेण मीलद्विवरेण केवलं धन्योऽहमस्मीति तदा व्यचिन्तयम् ॥ ९ ॥ अद्राक्षमम्भोजयुगं दधानं प्रभुं विभुं भूतमयं विभावनम् ॥ आद्यं ककुद्मानमुरुं विभावसुं संस्मृत्य संस्मृत्य तमेव निर्वृतः ॥ १० ॥ अद्राक्षं जगतामीशं वक्षोराजितकौस्तुभम् ॥ वीज्यमानं हरिं कृष्णं चामराणां शतैः सदा ॥ ११ ॥ युवां विद्वेषयुक्तेन चेतसा यादवेश्वरम् ॥ स्मरन्तं सर्वदा विष्णुं क्व चैवं क्व च वेत्ति कः ॥ १२ ॥ क्व च द्रक्ष्यामि तौ मन्दौ कुतो वा मत्पुरोगतौ ॥ ध्यायन्तमित्थं देवेशं करे शत्रुवहं सदा ॥ १३ ॥ हसन्तमेनमद्राक्षं करदं हास्यतत्परम् ॥ वदन्तं नारदे वाचं दुर्वाससि यतीश्वरे ॥ १४ ॥ ब्रह्मसूत्रपदां वाणीं दापयन्तं मुनीश्वरम् ॥ दृष्ट्वाऽहं तं हरिं देवं पुनः पुनरवीवदम् ॥ १५ ॥ असाध्यमिदमारब्धं ताभ्यामिति नृपोत्तम ॥ नारब्धव्यमिदं कार्यमितःप्रभृति भूमिप ॥ १६ ॥ निवृत्ता सा कथा हसाचिन्तयद्ग्रहणं तव ॥ तद्वृत्तमखिलं सर्वं वदिष्यति हि सात्यकिः ॥ एतद्वचनमाकर्ण्य हंसः क्रुद्धोऽब्रवीद्वचः ॥ १७ ॥ हंस उवाच ॥ अरे ब्राह्मणदायाद का नाम तव वागियम् ॥ आवयोः पुरतो

रहे हैं ॥ ११ ॥ मेरे उस करप्रदानके सन्देशको सुनकर उनके हृदयमें विद्वेषबुद्धि जागृत हो गयी और 'वे दुष्ट कहाँ हैं ? कहाँ उनसे भेंट होगी ? हंस मुझे कर प्रदान करनेका आदेश दे रहा है ?' तब वे बारम्बार दुर्वासा तथा नारदजीसे इसी बातका उल्लेख करके हँस रहे थे ॥१२–१४॥ ब्रह्मसूत्रके वक्ता मुनीश्वर दुर्वासा और भगवान कृष्णको पुनः पुनः देखकर मैं मन ही मन सोचने लगा ॥१५॥ मेरे दोनों मित्र हंस तथा डिम्भकने अवैध कार्य आरम्भ किया है । हे महाराज ! अब भी ऐसे कार्यसे विरत हो जाना आवश्यक है ॥ १६ ॥ हे मित्र ! मनमें इस भावनाके उदित हो जानेसे मैं तुम्हारा वक्तव्य उन भगवानको नहीं सुना सका। ये महात्मा सात्यकि यहाँ उपस्थित हैं। ये ही आपको सब बातें भली भाँति समझाकर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

बतायेंगे। विप्र जनार्दनके वचन सुनकर हंस अत्यधिक क्रुद्ध हो गया और कहने लगा—॥१७॥१८॥ अरे ब्राह्मणपुत्र! तू कैसी बातें कर रहा है? हम दोनों भ्राता इस समय तीनों लोकोंपर विजय प्राप्त करनेको उद्यत हैं। ऐसे समय मेरे समक्ष ऐसी बात कहनेका साहस कौन करेगा? ॥१९॥ तुम उसके शंख, चक्र, गदा, शार्ङ्गधनुष, वनमालाकी शोभा, सूत तथा वन्दीजनोंके वीरत्वसूचक स्तुतिपाठ, वृष्णिवीरों द्वारा उसका यशोगान, उसकी चार भुजायें एवं समस्त संसारमें उसकी आश्चर्यजनक ख्याति देखकर चकरा गये हो ॥ २०–२२ ॥ तुम उस दुष्टकी ऐन्द्रजालिक मायाके चक्करमें पड़कर भ्रान्त हो गये हो। मुख्यरूपसे ब्राह्मणसुलभ चपलता ही इस भ्रान्तिका कारण है। उस अधमके साथ मेरी तुलना करना क्या उचित है? ॥ २३ ॥ २४ ॥ तुम मेरे मित्र हो। इसी कारण मैंने तुम्हारी यह बात सह ली। अन्यथा मैं ऐसी कठोर बात कदापि न सहता ॥ २५ ॥ हे मूढबुद्धे! यह विशाल पृथिवी पड़ी हुई

वक्तुं त्रैलोक्यं जेतुमिच्छतोः ॥ १८ ॥ मायया त्वां भ्रमयति कृष्णो लीलाविधानवित् ॥ तं दृष्ट्वा भ्रम एवैष तव सञ्जायते महान् ॥ १९ ॥ शंखचक्रगदाशार्ङ्गवनमालाविभूषितम् ॥ वृष्णिवीरं समावेक्ष्य समुच्छ्रितयशोधरम् ॥ २० ॥ सूतमागधसंस्तावप्रकटद्बाहुवीर्यकम् ॥ अत्यद्भुतयशोराशिं विक्रमाल्लोकमण्डनम् ॥ २१ ॥ चतुर्भुजं बलाक्रान्तं वृष्णियादवसंमतम् ॥ अहोऽद्य भ्रम एवैष दर्शनात्तस्य चक्रिणः ॥ २२ ॥ इदानीं च महाराज भ्रामयत्येव दुर्मतिः ॥ त्वामेव विप्र मन्दात्मन्निन्द्रजालिकता हि या ॥ २३ ॥ चापल्यमिदमेवैतत्तव विप्र भ्रमोद्भवम् ॥ अहो हि खलु सादृश्यं वक्तव्यं भवता मम ॥ २४ ॥ अहमेव त्वया विप्र मर्षये प्रोदितं वचः ॥ सखिभावाद्द्विजश्रेष्ठ अन्यथा कः सहेदिदम् ॥ २५ ॥ गच्छ मन्दमते विप्र यथेष्टं साम्प्रतं तव ॥ द्विज गच्छ यथेष्टं त्वं पृथिवीं पृथिवी तव ॥२६॥ जित्वा गोपालदायादं हत्वा यादवकान्बहून् ॥ एष नः प्रथमः कल्पो जेष्याम इति यादवान् ॥ २७ ॥ गच्छ गच्छेति विप्र त्वं धृष्टं परुषवादिनम् ॥ शत्रुपक्षस्तुतिपरं सह भुक्त्वा सदा मया ॥ २८ ॥ न मे विप्रवधः कार्यः कष्टादपि हि सर्वतः ॥ इत्युक्त्वा ब्राह्मणं भूयो हंसः सात्यकिमब्रवीत् ॥ २९ ॥ भो भो यादवदायाद किमर्थं प्राप्तवानिह ॥ किमब्रवीन्नन्दसुतः किं वाऽसौ तेऽदिशत्करम् ॥ ३० ॥ सात्यकिरुवाच ॥ इदं सत्यवचो हंस शंखचक्रगदाभृतः ॥ शरैर्निशितधाराग्रैः शार्ङ्गमुक्तैः शिलाशितैः ॥ ३१ ॥ दास्यामि करसर्वस्वमसिना निशितेन ते ॥ शिरश्छेत्स्यामि ते हंस करदानस्य संग्रहम् ॥ ३२ ॥ धार्ष्ट्यं हि तव मन्दात्मन्किमतोऽपि नृपाधम ॥

है। तुम्हारी जहाँ इच्छा हो, शीघ्र चले जाओ ॥ २६ ॥ मेरी यह प्रतिज्ञा है कि सबसे पहले मैं उस गोपबालक कृष्ण और उसके सहायक यादवोंको मारकर उनपर विजय प्राप्त करूँगा ॥२७॥ चिरकालतक मेरे साथ भोजन करके अब तुम मेरे शत्रुपक्षका गुणगान कर रहे हो? मेरे सामने ऐसे दारुण और नीरस वचन कहनेमें तुम्हें तनिक भी संकोच नहीं हुआ? अच्छा, अब तुम्हारी जहाँ इच्छा हो, चले जाओ ॥२८॥ क्योंकि बड़ासे बड़ा संकट उपस्थित होनेपर भी मैं ब्राह्मणवध नहीं करूँगा। विप्रवर जनार्दनसे ऐसा कहकर हंस सात्यकिसे बोला——॥२९॥ अरे यादवदायाद! तू यहाँ किस लिए आया है? नन्दसुत कृष्णने क्या कहा है? उसने मेरा कर चुकाया या नहीं? ॥३०॥ सात्यकि बोले—हंस! शंख-चक्र-गदाधारी भगवान कृष्णने कहा है कि शिलाशाणित तीक्ष्णधार बाण एवं निशित खड्ग द्वारा तुम्हारा मस्तक काटकर ही मैं कर चुकाऊँगा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ ओ नृपाधम! जो व्यक्ति उन

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जगन्नाथसे कर प्राप्त करनेकी अभिलाषा करता हो, उसकी इससे बढ़कर धृष्टता और क्या होगी ! ॥ ३३ ॥ अरे नराधम ! ऐसे व्यक्तिकी तो जीभ काट लेनी चाहिए । तुम तो एक साधारण व्यक्ति हो । बड़े बड़ोंमें भी कौन व्यक्ति उनके शार्ङ्ग धनुषका टंकोर तथा उनके शंखकी ध्वनि सुनकर जीवित रह सकता है ? फिर शंकर भगवानके वरदानसे गर्वित होकर तुम्हारे जैसी बातें कहनेका साहस कौन करेगा ? ॥३४॥३५॥ विशेष करके जब कि बलभद्र प्रभृति हम यादव उनके सहायक हैं । उनमें बलभद्र प्रथम, मैं द्वितीय, कृतवर्मा तृतीय, निशठ चतुर्थ, बभ्रु पंचम, उत्कल षष्ठ, बुद्धिमान् और शस्त्रास्त्रविशारद तारण सप्तम, सारङ्ग अष्टम, विपृथु नवम औ: श्रीमान् उद्धव दशम सहायक हैं । हम सभी बलवान् वीर उनके पार्श्ववर्ती हैं ॥ ३६–३९ ॥ युद्धके समय भी हम लोग अहर्निश उनके साथ रहते हैं । अश्विनीकुमार सदृश सुन्दर तथा बली भगवान कृष्ण ओर बलराम ये ही दोनों तुम सभी मदमत्त शत्रुओंको

देवदेवाज्जन्नाथात्करमिच्छति यो नृपः ॥ ३३ ॥ तस्यैष करसंक्षेपो जिह्वाच्छेदो नराधम ॥ तस्य शार्ङ्गरवं श्रुत्वा शङ्खस्य च हरेः पुनः ॥ ३४ ॥
को नाम जीवितं काङ्क्षेत्तिष्ठेदानीं त्वमद्य वै ॥ गिरीशवरदर्पेण को ब्रूयादीदृशं वचः ॥ ३५ ॥ सहाया वयमेवैते बलभद्रपुरोगमाः ॥ प्रथमो बल-
भद्रोऽसौ द्वितीयोऽहं च सात्यकिः ॥ ३६ ॥ कृतवर्मा तृतीयस्तु चतुर्थो निशठो बली ॥ पञ्चमोऽथ च बभ्रुस्तु षष्ठश्चैवोत्कलः स्मृतः ॥ ३७ ॥ सप्त-
मस्तारणो धीमानस्त्रशस्त्रविशारदः ॥ अष्टमस्त्वथ सारङ्गो नवमो विपृथुस्तथा ॥ ३८ ॥ दशमश्चोद्धवो धीमान् वयमेते बलान्विताः ॥ त एते पुरतो
गोप्तुः शंखचक्रगदाभृतः ॥ ३९ ॥ देवदेवस्य युद्धेषु तिष्ठन्त्येव दिवानिशम् ॥ यौ हि वीरौ सुतौ तस्य नासत्यसदृशौ बले ॥ ४० ॥ तावेव वां
क्षमौ युद्धे हन्तुं बलमदान्वितौ ॥ यो गिरीशो गिरां देवो वरं दत्त्वा सां तिष्ठति ॥४१॥ युवां हि किंबलौ युद्धे तिष्ठतः सशरं धनुः ॥ गृहीत्वा शत्रुभिः
सार्द्धं युद्धं कर्तुं समुद्यतौ ॥ ४२ ॥ ईदृशेष्वथ भृत्येषु युद्धं कुर्वत्सु शत्रुभिः ॥ त्रैलोक्यं रक्षतस्तस्मात्करमिच्छन्व्रजेत कः ॥ ४३ ॥ हनिष्यत्येव
वां युद्धे त्रैलोक्यं यो हि रक्षति ॥ शरेण निशितेनाजौ शार्ङ्गमुक्तेन केवलम् ॥ ४४ ॥ क्व नः संग्राम इत्येवं पुनराह जगत्पतिः ॥ पुष्करे पुण्यदे
नित्यमुत गोवर्द्धने गिरौ ॥ ४५ ॥ मथुरायां प्रयागे वा दर्शयन्तो बलानि मे ॥ शंखचक्रधरे देवे जगत्पालनतत्परे ॥ ४६ ॥ राजसूयं महायज्ञं

नष्ट करनेमें समर्थ हैं । शङ्कर भगवान तुम्हें वरदान देकर कैलास पर्वतपर निवास करते हैं । उस समय एकमात्र वे ही तुम्हारे सहायक हो सकते हैं, जब धनुष-बाण धारण करके तुम रणभूमिमें उतरोगे ॥ ४०–४२ ॥ किन्तु त्रिलोकरक्षक भगवान कृष्ण जब युद्धके लिए अग्रसर होंगे, तब हम सभी यादव सेवकके समान उनकी सहायताके लिए तैयार दिखायी देंगे । अतएव हम लोगोंके जीवित रहते उनसे कर वसूलनेकी अभिलाषा कौन व्यक्ति कर सकता है ? ॥ ४३ ॥ जो तीनों लोकोंके रक्षक हैं, वे अकेले अपना शार्ङ्ग धनुष धारण करके तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा द्वारा तुम सबको मार डालेंगे ॥ ४४ ॥ ऐसी स्थितिमें हम लोगोंको रणभूमिमें उतरनेकी आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी । उन्होंने कहा है कि पुष्कर, गोवर्धन पर्वत, मथुरा अथवा प्रयाग, इनमेंसे जिस किसी भी स्थानपर जहाँ उनकी इच्छा हो, वहाँ आकर हमारे सम्मुख बलप्रदर्शन करें । जगत्पालक शंख-चक्रधारी भगवान कृष्णके रहते कौन व्यक्ति

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

राजसूय यज्ञ कर सकता है ? अथवा ऐसी बात तुम्हारे सिवाय और कौन कहनेका साहस करेगा ? ॥ ४५–४७ ॥ अरे मूर्ख ! यदि तू ऐसी इच्छा रखता है तो संसारमें तेरा बड़ा उपहास होगा । ऐसा कहकर हँसते हुए सात्यकि चुप हो गये ॥ ४८ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायामेकोनविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ ११९ ॥

(सात्यकि-हंससंवाद) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर हंस और डिम्भक ये दोनों अत्यधिक क्रुद्ध हो उठे । वे रोषसे लाल नेत्र करके सात्यकि एवं वहाँ उपस्थित अन्यान्य राजाओंकी ओर इस प्रकार निहारने लगे, मानों वे दसों दिशाओंको जलाकर भस्म कर देंगे । उस समय वे क्रोधसे हाथ मलते और श्रीकृष्णका स्मरण करते हुए कहने लगे— ॥ १ ॥ २ ॥ वह नन्दगोपालका बेटा कृष्ण तथा मदमत्त बलराम कहाँ है ? अहंकारपूर्वक यह कहकर उन्होंने सात्यकिसे कहा—॥ ३ ॥ अरे यादवदायाद ! तू मेरे समक्ष कैसी बातें

कर्तुमिच्छति कः स्वयम् ॥ वदन्वा स्वस्तिमान्मर्त्यस्त्वां विना को व्रजेत्सुखम् ॥४७॥ इदमिच्छसि चेन्मूढ हास्यतां यासि भूतले ॥ इत्युक्त्वा सात्यकिर्वीरो हसन्निव भुवि स्थितः ॥४८॥ इति श्रीहरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने सात्यकिवाक्यं नाम एकोनविंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥११९॥

वैशम्पायन उवाच ॥ ततः क्रुद्धौ महाराज हंसो डिम्भक एव च ॥ इदं वै प्रोचतुर्वाक्यं रोषव्याकुलितेक्षणौ ॥ १ ॥ दिधक्षन्तौ दिशः सर्वाः सर्वान् वीक्ष्य नृपोत्तमान् ॥ करेण निष्पीड्य करं स्मरन्तौ तद्वचो महत् ॥ २ ॥ क नु क वा नन्दसूनुः क वा रामो बलोत्कटः ॥ इति ब्रुवाणौ साक्षेपौ सात्यकिं सत्यसंगरम् ॥ ३ ॥ अरे यादवदायाद किं ब्रूषे नः पुरो गतः ॥ इतो निर्गच्छ मन्दात्मन्दूतस्त्वमसि साम्प्रतम् ॥ ४ ॥ अन्यथा वध्य एव त्वं प्रलपन्परुषं वचः ॥ सत्यं निर्लज्ज एवासि यद्ब्रूया ईदृशं वचः ॥ ५ ॥ आवामिदं जगत्सर्वं शासितुं संयतौ नृपौ ॥ को नाम मानुषे लोके करदो नैव जीवति ॥ ६ ॥ हत्वा गोपालकान्सर्वान्बद्ध्वा यादवकान्बहून् ॥ गृह्णीमः करसर्वस्वं ततो गच्छ नराधम ॥ ७ ॥ अवध्यो दूततां प्राप्तो बह्वबद्धं प्रभाषसे ॥ ईश्वरो नौ वरं दाता ह्यस्त्राणामपि च प्रभुः ॥ ८ ॥ रक्षितारौ महाभूतौ संग्रामं गच्छतोश्च नौ ॥ पितरं याजयिष्यावो जित्वा गोपालकं रणे ॥ ९ ॥ एते प्रोक्ता भृशं युद्धे कातराः सर्व एव ते ॥ हत्वा तान्सबलान्युद्धे पुनर्जेष्यामि केशवम् ॥ १० ॥ संहर्तव्यां महासेना प्रगृहीतशरासना ॥ गृहीतप्रासमुशला गृहीतकवचा सदा ॥ ११ ॥ आरूढरथसाहस्रा गदापरिघसङ्कुला ॥ सुप्रभूतेन्धनवती प्रभूतबल-

कह रहा है ? ओ दुरात्मा ! तू यहाँसे भाग जा । क्या कहूँ, तू दूत है ॥ ४ ॥ यदि दूत न होता तो क्या तू ऐसे कठोर वाक्य कहकर जीवित रहता ? तू नितान्त निर्लज्ज व्यक्ति है । तभी तो तेरे मुखसे ऐसी बातें निकलती हैं ॥ ५ ॥ इस समय हम दोनों भ्राता समस्त विश्वपर शासन कर रहे हैं । तब संसारमें ऐसा कौन व्यक्ति है कि जो हमको कर दिये बिना जीवित रह सके ॥ ६ ॥ आज मैं सभी गोपोंको मार तथा यादवोंको बन्दी बनाकर उनका सर्वस्व हरण कर लूँगा । दूत अवध्य होता है, यही समझकर तू असम्बद्ध बातें कर रहा है । तुझे मालूम है न, भगवान महेश्वर हमारे वरदाता, शस्त्रास्त्रके प्रदानकर्ता एवं रक्षक हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ आज हम दोनों भाई उन गोपोंका वध करके अपने पिताको राजसूय यज्ञमें दीक्षित करेंगे । तुम्हारे गिनाये सभी यादव युद्धमें सदाके कायर हैं । अतएव पहले उन कायरोंको जीतकर हम कृष्णको परास्त करेंगे ॥ ९ ॥ १० ॥ वे जहाँतक कर सकें, प्रचुर सेनाका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संग्रह करें। वे हजारों धनुर्धर प्रास, मुशल और कवचसे सुसज्जित हो जायँ ॥ ११ ॥ वे रथोंपर सवार हो-होकर गदा और परिघ सम्हाल लें। प्रचुर मात्रामें ईंधन जुटा लें। सेनाओं और वाहनोंको जुटानेमें भी वे कोई कमर न रक्खें ॥ १२ ॥ उनके बड़े-बड़े सेनानायक अपनी भयावनी सेनाका संचालन करें। तू तो दूत होनेके नाते अवध्य है। अतएव तेरी जहाँ इच्छा हो, चला जा ॥ १३ ॥ कल अथवा परसों पुष्कर क्षेत्रमें युद्ध आरम्भ होगा। तब तुम्हारे कृष्ण, बलराम एवं अन्यान्य जिन नरेशोंको तुमने गिनाया है, उन सबके बलाबलका पता लग जायगा। साथ ही तुझे यह भी मालूम हो जायगा कि हममें कितनी शक्ति है ॥ १४ ॥ सात्यकि बोले—हे हंस! तुम दोनोंका वध करनेके लिए हम लोग कल या परसों आयेंगे। यदि मैं दूत बनकर न आया होता तो तुम्हें आज ही मार डालता ॥ १५ ॥ तुमने जिस प्रकारकी कटु भाषाका प्रयोग किया है, उसे सुनकर तो तुम्हें कल-परसों तकका अवकाश देनेकी भी आवश्यकता नहीं थी। क्या करूँ, मनुष्योंके लिए दूतका कार्य बड़ा कठोर होता है ॥ १६ ॥ यदि ऐसा न होता तो आज ही मैं अपना बाहुबल दिखाता

साधना ॥ १२ ॥ चाल्यतां वाहिनी घोरा बलाध्यक्षा समन्तत ॥ अवध्य एव गच्छ त्वं न ते मरणतो भयम् ॥ १३ ॥ संग्रामः पुष्करेऽस्माकं श्वः परश्वोऽपि वा नृप ॥ ततो ज्ञास्यामहे वीर्यं केशवस्य बलस्य च ॥ ये त्वयोक्ता नृपाः संख्ये तेषामपि च यद्बलम् ॥ १४ ॥ सात्यकिरुवाच ॥ हंसागच्छामि वां हन्तुं श्वः परश्वोऽपि वा नृप ॥ अद्यैव हि मया वध्यौ न चेद्दूतो भवाम्यहम् ॥ १५ ॥ नहि श्वो वा परश्वो वा युवां कटुकभाषिणौ ॥ दौत्ये हि दुःखमतुलं वहाम्येव सदा नृणाम् ॥ १६ ॥ अन्यथाऽहं युवां हत्वा ततो यास्यामि निर्वृतिम् ॥ स्ववीर्यं बाहुदर्पं च दर्शयन्वां नृपाधमौ ॥१७॥ शङ्खचक्रगदापाणिः शार्ङ्गधन्वा किरीटभृत् ॥ नीलकुञ्चितकेशाढ्यो लम्बबाहुः श्रिया वृतः ॥ १८ ॥ स सर्वलोकप्रभवो विश्वरूपः सुरूपवान् ॥ दैत्यदानवहन्ताऽसौ योगिध्येयः पुरातनः ॥१९॥ पद्मकिञ्जल्कनयनः श्यामलः सिंहविक्रमः ॥ सृष्टिस्थितिलयेष्वेकः कर्ता त्रिजगतो गुरुः ॥ २० ॥ शरेण निशितेनाजौ दर्पं वां व्यपनेष्यति ॥ इत्युक्त्वा रथमारुह्य प्रययौ सात्यकिः किल ॥ २१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने विंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२० ॥

हुआ तुम सबको समाप्त कर देता और मेरे मनको शान्ति मिल जाती ॥ १७ ॥ जो शंख-चक्र-गदा-शार्ङ्ग धनुष एवं किरीटधारी हैं। जिनका मस्तक नीलकुंचित केशसे सुशोभित रहता है। जिनकी लम्बी-लम्बी भुजायें हैं। जो लक्ष्मीके पति हैं ॥ १८ ॥ जो समस्त लोकोंकी उत्पत्तिके मूल कारण हैं। जो विश्वरूपमय हैं। जो सर्वाधिक सुन्दर हैं। जो दैत्यों और दानवोंके विनाशक, योगियोंके ध्येय तथा परम पुरातन हैं ॥ १९ ॥ जिनके नयन कमलदल सदृश सुन्दर हैं। जिनका श्याम वर्ण है। सिंहके समान जिनका पराक्रम है। जो सृष्टि-स्थिति तथा प्रलयके प्रयोजक और जगन्नाथ हैं। २० ॥ वे ही अपने तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके तुम्हारा दर्प चूर्ण करेंगे। सात्यकि ऐसा कह और घोड़ेपर सवार होकर चल पड़े ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां विंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२० ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्णका पुष्कर आगमन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर शिनिवंशपुंगव सात्यकि भगवान कृष्णकी द्वारकापुरीमें प्रविष्ट होकर उनके पास गये और ठीक-ठीक सब समाचार कह सुनाया ॥ १ ॥ दूसरे दिन प्रातःकाल केशीनिषूदन भगवान कृष्णने नित्यकृत्यसे निवृत्त होकर अपने सेनानायकोंसे कहा—॥ २ ॥ तुम लोग हाथी, घोड़े, रथ तथा पैदल सैनिकोंकी चतुरंगिणी सेना सुसज्जित करो। भेरी, पणव, प्रास, असि, परिघ, ध्वज, पताका और अलङ्कार आदि सामग्रियोंको जुटानेमें त्रुटि न हो। भगवानके आज्ञाकारी सेनानायकोंने नतमस्तक होकर उनका आदेश शिरोधार्य किया ॥ ३ ॥ ४ ॥ तदनन्तर वे जाकर तैयारी करने लगे। कुछ ही देर बाद सुदृढ़ धनुष ले तथा रथोंपर सवार हो-होकर यादवोंके मुख्य-मुख्य योद्धा सेनाके आगे-आगे चलने लगे ॥ ५ ॥ हे महाराज ! वीर सात्यकि भी हाथमें धनुष लेकर अत्यन्त क्रुद्धभावसे सेनाके आगे-आगे चले ॥ ६ ॥ अन्यान्य

वैशम्पायन उवाच ॥ प्रविश्य स पुरं विष्णोः सात्यकिः शिनिपुङ्गवः ॥ आचचक्षेऽथ कृष्णाय यथा वृत्तं तयोस्तथा ॥ १ ॥ ततः प्रभाते विमले केशवः केशिसूदनः ॥ बलाध्यक्षानुवाचेदं चक्रपाणिर्गदाधरः ॥ २ ॥ संनह्यतां बलं सर्वं रथकुञ्जरवाजिमत् ॥ अनेकभेरीपणवं प्रासासिपरिघाकुलम् ॥ ३ ॥ सध्वजं सपताकं च सालंकारपरिच्छदम् ॥ ते तथेति प्रतिज्ञाय सर्वं चक्रुरधीनगाः ॥ ४ ॥ आदाय सुदृढं चापं रथमारुह्य दंशिताः ॥ अग्रतो जग्मुरत्यर्थं सेनायाः पुरुषोत्तमाः ॥ ५ ॥ सात्यकिश्च तथा राजन्प्रगृहीतशरासनः ॥ बभौ क्रोधसमायुक्तो जगामात्र महाबलः ॥ ६ ॥ अन्ये च यादवाः शूराः प्रगृहीतमहायुधाः ॥ सिंहनादं प्रकुर्वन्तो जग्मुरत्यर्थमुत्तमाः ॥ ७ ॥ हरिस्तु रथमारुह्य संस्कृतं दारुकेण ह ॥ शार्ङ्गं भारसहं घोरं गृहीत्वा सशरं धनुः ॥ ८ ॥ चक्रपाणिस्तदा शंखी गदाशरवरासिमान् ॥ बद्धगोधाङ्गुलित्राणः पीतवासा जनार्दनः ॥ ९ ॥ पद्ममाला वृतोरस्को नवजीमूतसन्निभः ॥ ययौ रथगतो विप्रैः स्तूयमानो मुदान्वितैः ॥ १० ॥ सूतैर्मागधपुत्रैश्च गीयमानस्ततस्ततः ॥ आनीय सेनां सकलां ययौ काष्ठामथोत्तराम् ॥ ११ ॥ पाञ्चजन्यं मुखे न्यस्य सर्वप्राणेन केशवः ॥ दध्मौ महारवं कुर्वञ्छत्रूणां भयवर्द्धनः ॥ १२ ॥ आध्मातस्तेन हरिणा स चक्रे शंखराड् ध्रुवम् ॥ रवः स रोदसी राजन्पूरयामास सर्वतः ॥ १३ ॥ तस्मिञ्छंखे तथाऽऽध्माते दध्मुः शङ्खान् सहस्रशः ॥ भेर्यश्चापि समा-

यादववीर भी बड़े-बड़े आयुध धारण करके सिंहनाद करते हुए चले ॥ ७ ॥ उसी समय पीताम्बरधारी भगवान कृष्ण भी दारुक सारथी द्वारा सजाये हुए रथपर सवार होकर चल पड़े। उनके हाथमें अत्यधिक भार सहनेमें समर्थ शार्ङ्ग धनुष, बाण, शंख, चक्र, गदा और खड्ग विद्यमान थे। उनकी उँगलियोंमें गोहके चमड़ेका बना हुआ अंगुलित्र बंधा था ॥ ८ ॥ ९ ॥ कमलकी मालाओंसे उनका वक्षस्थल भरा हुआ था और उनका वर्ण नवजलधरके समान श्याम था। यात्राके समय ब्राह्मणगण आनन्दके साथ उनकी स्तुति कर रहे थे ॥ १० ॥ सूत, मागध तथा वन्दीजन उनका गुणगान करने लगे। सब सेनाओंके एकत्र हो जानेपर वे उत्तर दिशाको अग्रसर हुए ॥ ११ ॥ उस समय भगवानने अपना शत्रुभयवर्धक पाञ्चजन्य शंख मुखपर रक्खा और पूरी शक्तिसे फूँककर बजाया ॥ १२ ॥ हे महाराज ! उस शंखराजके शब्दसे समस्त आकाशमण्डल गूँज उठा ॥ १३ ॥ उस शंखध्वनिको सुनकर एक साथ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हजारों शंख बज उठे। उनके साथ भेरी तथा बहुतेरे मृदंग भी बजने लगे ॥ १४ ॥ वर्षा ऋतुके आरम्भमें जिस तरह मेघ गम्भीर गर्जन करते हैं, उसी प्रकार उन भेरी-मृदंगादिकोंका शब्द एक साथ मुखरित हो उठा। उधर बहुतेरे राजे पुष्कर तीर्थमें पहुँचकर सरोवरके निकट अपनी-अपनी सेनाका शिविर स्थापित करके हंस और डिम्भकके आगमनकी प्रतीक्षा करने लगे ॥ १५ ॥ १६ ॥ उसी समय भगवान कृष्णने भी उस सुशोभन पुष्कर सरोवरपर पहुँच तथा उसका दर्शन करके पवित्र जलका आचमन किया। तदनन्तर तीर्थनिवासी मुनियोंको प्रणाम करके हंस और डिम्भककी प्रतीक्षा करते तथा मनोहर वेदध्वनि सुनते हुए उन्होंने पड़ाव डाला। अन्यान्य यादव भी वहाँ ही शिविर बनाकर तम्बुओंकी कुटियाओंमें टिक गये ॥ १७–१९ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायामेकविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२१ ॥

ध्माता मृदङ्गा बहवो नृप ॥ १४ ॥ नेदुरत्यर्थमतुलं घर्मान्ते जलदा यथा ॥ अथाययुर्महाराज पुष्करं पुण्यवर्धनम् ॥ १५ ॥ सरसस्तस्य राजेन्द्र पुष्करस्य नृपोत्तमाः ॥ प्रतीक्ष्य हंसडिम्भकौ युद्धाय समवस्थिताः ॥ १६ ॥ निवेशं कारयामासुर्यादवाः सर्व एव हि ॥ स्वं स्वं ययुः सुखं राजन्प्र-गृहीतकुटीमठम् ॥ १७ ॥ भगवानपि गोविन्दः सरो दृष्ट्वा सुशोभनम् ॥ उपस्पृश्य जले तस्मिन्प्रणम्य यतिपुङ्गवान् ॥ १८ ॥ तयोरागमनं लिप्सु-रास्ते तीरे यथासुखम् ॥ शृण्वन् वेदध्वनिं विष्णुर्ब्राह्मणानां समन्ततः ॥१९॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने कृष्णपुष्करप्रवेशो नाम एकविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२१ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ तौ हंसडिम्भकौ जग्मतुः पुष्करं प्रति ॥ प्रगृहीतमहाचापौ सरथौ सध्वजौ नृप ॥ १ ॥ पुरःसरमहाभूतौ संहर-न्ताविवोल्बणौ ॥ प्रकुर्वन्तौ सिंहरवं भस्मना परिलेपितौ ॥ २ ॥ त्रिपुण्ड्रकललाटान्तौ रुद्राक्षपरिशोभितौ ॥ अन्यौ द्वाविव रुद्रौ तौ लोकसंहार-कारकौ ॥३॥ ततोऽनुजग्मुः शतशः सैन्यानि नृपसत्तम ॥ अक्षौहिण्यो दशैवास्तयोरथ समागताः ॥४॥ विचक्रस्तु महाराज दानवो नगसन्निभः ॥ तयोरेव सखा पूर्वमासीच्च बलशालिनोः ॥ ५ ॥ शक्रो यस्य पुरःसरः स्थातुं शक्तो न वज्रभृत् ॥ यो हि वीरो महाराज देवदैत्यसमागमे ॥ ६ ॥ देवान्निघ्नंस्तथा राजन्देवेन्द्रमजयन्महान् ॥ अकरोच्च पुरा युद्धं विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ ७ ॥ यो हि द्वारवतीं प्राप्य बबाधे यदुपुङ्गवान् ॥ स तदानीं

वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इधर हंस और डिम्भक भी महान् धनुष धारण करके ध्वजासे अलंकृत दो रथोंपर सवार होकर पुष्कर तीर्थको चले ॥ १ ॥ भस्मधारी एवं भयानक आकारके दो भूत सिंहगर्जन करते हुए उनके आगे-आगे चल रहे थे। उनके मस्तकपर त्रिपुण्ड्र और सारे शरीरमें रुद्राक्षकी माला विराज रही थी। उन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि मानों लोकसंहारके लिए उद्यत दो रुद्र आ उपस्थित हुए हैं ॥ २ ॥ ३ ॥ तदनन्तर दस अक्षौहिणी सेना हंस और डिम्भकके पीछे-पीछे चली ॥ ४ ॥ हे महाराज! इसके बहुत दिनों पहले विचक्र नामके एक पर्वताकार दानवके साथ उन दोनोंकी मित्रता हो गयी थी ॥ ५ ॥ विचक्र इतना बड़ा बलवान् था कि वज्रधर इन्द्र भी उसके सम्मुख टिकनेमें असमर्थ थे। देवासुरसंग्राममें उस वीरने देवताओंपर निर्मम प्रहार करके अन्तमें देवराज इन्द्रको भी पराजित किया था। पूर्वकालमें उसने सब लोकोंके प्रभु भगवान विष्णुके साथ भी युद्ध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किया था ॥ ६ ॥ ७ ॥ एक बार उसने द्वारकापुरीपर चढ़ाई करके यादव वीरोंको भी बहुत सताया था। हे महाराज! उस महावीरने जब इस युद्धके उपस्थित होनेका समाचार सुना तो यादवोंके द्वेषवश कई सहस्र दानव सैनिकोंके साथ हंस और डिम्भककी सहायताके लिए चल पड़ा। हिडिम्ब नामके एक राक्षसराजके साथ विचक्रकी गाढ़ मैत्री थी। यहाँ तक कि राक्षसराज हिडिम्ब विचक्रके लिए अपने प्राण तक दे सकता था। जब हिडिम्बने अपने मित्रकी रणयात्राका समाचार सुना तो उसकी सहायताके लिए शिला, शूल एवं असिधारिणी विशाल सेनाके साथ दौड़ पड़ा। अट्ठासी हजार सेना उसके पीछे-पीछे चली ॥ ८–१२ ॥ हे महाराज! उसकी सेनाके सैनिकोंकी भुजायें परिघके समान विशाल और कठोर थीं। आगे चलकर विचक्र, हिडिम्ब, हंस और डिम्भककी सेनायें एकमें मिल गयीं ॥ १३ ॥ दैत्यों तथा राक्षसोंकी मिली-जुली वह सेना समस्त त्रिलोकीके लिए भयदायिनी हो उठी ॥ १४ ॥

महाराज श्रुत्वा युद्धमुपस्थितम् ॥ ८ ॥ अनेकशतसाहस्रैर्दानवैः परिघायुधैः ॥ वृतः समभवद्दैत्यो वृष्णिद्वेषान्नृपोत्तमः ॥ ९ ॥ हंसस्य डिम्भकस्याथ साहाय्यं कर्तुमुद्यतः ॥ विचक्रस्याथ दैत्यस्य हिडिम्बो राक्षसेश्वरः ॥ १० ॥ अतीव मित्रतां यातो दद्यात्प्राणांश्च संयति ॥ राक्षसैरपरैः सार्द्धं शिलाशूलासिपाणिभिः ॥ ११ ॥ ययौ तस्य सहायार्थं हिडिम्बः पुरुषादकः ॥ अष्टाशीतिसहस्राणि राक्षसास्तस्य चाभवन् ॥ १२ ॥ अनुयाता महाराज शिलापरिघबाहवः ॥ तयोस्तत्र महासैन्यं गच्छतोः केशवं प्रति ॥ १३ ॥ मिश्रितं दैत्यसंघैश्च राक्षसैश्च समन्ततः ॥ अत्यद्भुतं महारौद्रं त्रैलोक्यभयदायकम् ॥ १४ ॥ दैत्येन सहितौ तौ हि जग्मतुः पुष्करं प्रति ॥ तावेतौ हंसडिम्भकौ हन्तुं केशवमञ्जसा ॥ १५ ॥ ततः श्रुत्वा जरासन्धो विग्रहं यदुभिः सह ॥ नाकरोन्नृपसाहाय्यं पापं मे भवितेति ह ॥ १६ ॥ गच्छतोः समितिं राजन्हंसस्य डिम्भकस्य च ॥ अतित्वरितविक्रान्तास्ते ययुः पुष्करं प्रति ॥ १७ ॥ सिंहनादं विमुञ्चन्तः कथयन्तः परस्परम् ॥ अहमेव नृपा युद्धं करोमि प्रथमं हरेः ॥१८॥ इत्यब्रुवन्नृपा राजञ्छतशः केशवं प्रति ॥ संप्राप्तास्ते नृपश्रेष्ठाः पुष्करं पुण्यवर्द्धनम् ॥ १९ ॥ मुनिजुष्टं तपोवृद्धैर्ऋषिभिश्च निषेवितम् ॥ अत्यन्तभद्रं लोकेषु पुष्करं प्रथमं नृप ॥ २० ॥ पुष्करं पुण्डरीकाक्षो द्वावेव जगतीपते ॥ दर्शनात्स्पर्शनाच्चैव किल्बिषच्छेदिनौ नृप ॥ २१ ॥ पुष्करं पुण्डरीकाक्षो द्वावेव नृपसत्तम ॥ सेव्यमानौ मुनिश्रेष्ठैरमरौघैर्महात्मभिः ॥ २२ ॥ द्वावेव हि नृपश्रेष्ठ सर्वपापप्रणाशकौ ॥ तावुभौ यत्र सहितौ तत्र ते संस्थिता नृपाः ॥२३॥

अब हंस और डिम्भक उन दैत्यों तथा राक्षसोंको साथ लेकर भगवान कृष्णका विनाश करनेके लिए पुष्कर तीर्थकी ओर चले ॥ १५ ॥ यादवोंके साथ ठननेवाले इस युद्धका समाचार जरासन्धको भी सुनायी पड़ा, किन्तु ब्रह्मशापके भयसे उसने उनकी सहायता नहीं की ॥ १६ ॥ इधर युद्धके लिए प्रस्तुत राजे महान् सिंहनाद करते हुए कहते थे कि सर्वप्रथम मैं ही आगे बढ़कर कृष्णके साथ युद्ध करूँगा। ऐसा कहते हुए हंस तथा डिम्भकके सहायक नरपति बड़े वेगसे पुष्कर तीर्थकी ओर लपके ॥ १७ ॥ १८ ॥ तदनन्तर वे सैकड़ों राजे मुनिजननिषेवित उस पुण्यवर्धन प्रधान तीर्थ पुष्करमें जा पहुँचे ॥ १९ ॥ हे महाराज! पुष्कर तथा पुण्डरीकाक्ष (भगवान) ये दोनों ही दर्शन और स्पर्शसे पाप नष्ट करते हैं। वहाँ बड़े-बड़े तपोवृद्ध

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सामवेदाध्यायी मुनि पुष्कर और पुण्डरीकाक्ष कृष्ण दोनोंकी उपासना करते थे। उसी समय उन राजाओंने ब्रह्मासे सेवित पुण्यधाम पुष्कर तीर्थमें कुशासनपर विराजमान भगवान् कृष्णको देखकर वहाँ ही पड़ाव डाल दिया ॥२०–२४॥ हे महाराज ! आप यहाँसे ही उन भगवान कृष्ण एवं पुष्कर तीर्थको मन ही मन नमस्कार करिए। ऐसा करनेसे आपके सभी पाप नष्ट हो जायँगे। इसमें कोई संशय नहीं है ॥ २५ ॥ तदनन्तर क्षत्रिय, दैत्य तथा राक्षसोंका समुदाय भेरी, पणव, झर्झर तथा डिंडिम बजाकर महान् कोलाहल करता हुआ पुष्कर सरोवर पहुँचा तो देखा कि भगवान कृष्ण युद्धके लिए तैयार होकर उन सबकी प्रतीक्षा कर रहे हैं ॥ २६ ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी'-भाषाटीकायां द्वाविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२२ ॥

दृष्टवन्तौ हरिं विष्णुं विष्टरश्रवसं परम् ॥ पुष्करं पुण्यनिलयं तीर्थं ब्रह्मनिषेवितम् ॥ २४ ॥ ताभ्यां कुरु नमस्कारं मनसा नृपसत्तम ॥ अहो निःशेषमभवत्तत्र भूयो न संशयः ॥ २५ ॥ सैन्यं तत्र च संप्राप्तं दैत्यरक्षःसमाकुलम् ॥ अनेकभेरीपणवझर्झरीडिण्डिमाकुलम् ॥ २६ ॥ नानापणवसंमिश्रं रक्षोनादविनादितम् ॥ प्रविश्य सरसस्तीरं पुष्करस्य विशांपते ॥ दर्शयामास देवेशं युद्धाय समुपस्थितम् ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने द्वाविंशत्युत्तरशतमोऽध्यायः ॥१२२॥

वैशम्पायन उवाच ॥ द्वे सेने संगते राजन्सध्वजे सपरिच्छदे ॥ महापरिघसंकीर्णे गदाशक्तिसमाकुले ॥ १ ॥ भेरीझर्झरसंपूर्णे डिण्डिमारावसंकुले ॥ प्रगृहीतमहाशस्त्रे शूलासिवरकार्मुके ॥ २ ॥ परस्परकृतोत्साहे चक्राते युद्धमुल्बणम् ॥ ते शराः कार्मुकोत्सृष्टा निर्भिद्याथ शरीरिणम् ॥ ३ ॥ शरीराणि महाराज जग्मुर्दूरं सहस्रशः ॥ भटबाहुविनिर्मुक्ताः खड्गा निर्भिद्य वक्षसि ॥ ४ ॥ स्फुरिताश्च तथा राजञ्छिरांस्याहृत्य खं ययुः ॥ परिघाश्च तथा राज्ञां बाहुभिः परिचोदिताः ॥ ५ ॥ तिलशश्चक्रुरतुलं शरीरं नृपरक्षसाम् ॥ दैत्यानां कुर्वतां नादमन्योन्यवधकांक्षिणाम् ॥ ६ ॥ दैत्या रक्षांसि राजेन्द्र राजानश्च समन्ततः ॥ अन्योऽन्यं परिघैर्जघ्नुश्चापमुक्तैः शिलाशितैः ॥७॥ शरैश्च भोगिभोगाभैस्तीक्ष्णमन्ये महाबलाः ॥ राक्षसा दानवाश्चान्ये मत्तमातङ्गविक्रमाः ॥८॥ अन्योऽन्यं जघ्निरे राजंश्चापमुक्तैर्महाशरैः ॥ नागा नागैर्महाराज हया अश्वैः समन्ततः ॥९॥ रथा रथैः

वैशम्पायन बोले–हे महाराज ! ध्वजा, पताका, परिघ, गदा, शक्ति, शूल, असि तथा धनुष प्रभृति शस्त्रास्त्रोंसे परिपूर्ण भेरी, झर्झर और डिमडिम प्रभृति वाद्योंसे समाकुल उभयपक्षकी सेनाओंने वहाँ पहुँचते ही बड़े उत्साहके साथ भयंकर युद्ध आरम्भ कर दिया। वीरोंके धनुषसे छूटे हुए बाण योद्धाओंके शरीर विदीर्ण करके दूर जा-जाकर गिरने लगे। खड्गोंके आघातसे वीरोंके वक्षस्थल विदीर्ण होने एवं मस्तक कट-कटकर गिरने लगे। परिघके प्रहारसे लोगोंके शरीर खण्ड-खण्ड होने लगे। परस्पर वधाकांक्षी सैनिकोंने भयानक गर्जन आरम्भ कर दिया ॥ १–६ ॥ दैत्य, राक्षस और क्षत्रिय राजे सब ओरसे परिघों तथा धनुष द्वारा छूटे हुए तीक्ष्ण बाणोंसे परस्पर एक दूसरेपर प्रहार करने लगे ॥ ७ ॥ मतवाले हाथियोंके समान पराक्रमी राक्षस तथा दैत्यवीर सर्पके फनसदृश विषैले बाणोंसे योद्धाओंको बींधने लगे। हाथी हाथियोंसे, घोड़े घोड़ोंसे, सवार सवारोंसे और रथ रथोंसे भिड़कर जूझने लगे।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पट्टिश, असि, बाण, कुन्त, कर्षण, शक्ति, परिघ, प्रास, परश्वध और भिन्दिपालके प्रहारसे उभयपक्षके सैनिकोंके गात्र छिन्न-भिन्न होने लगे ॥ ८–११ ॥ हे महाराज! मत्त मातंग सदृश पराक्रमी दैत्य, क्षत्रिय और राक्षसगण तीक्ष्ण बाणोंसे परस्पर एक दूसरेको विद्ध करके इधर-उधर परिभ्रमण करते हुए बड़े ही भयानक स्वरमें चीत्कार करने लगे ॥ १२ ॥ १३ ॥ हे महाराज! कुछ योद्धा खड्गके आघातसे कटकर धराशायी हो गये। गदाके आघातसे कुछ वीरोंके मस्तक चूर्ण हो गये ॥ १४ ॥ कुछ परिघायुधधारी योद्धाओंकी गर्दन परिघके प्रहारसे टूट गयी। उनमेंसे कुछ वीर मरकर यमपुर सिधारे और कुछ स्वर्गधाम जा पहुँचे ॥ १५ ॥ वहाँ पहुँचनेपर अप्सराओंके साथ विहार करते हुए वे वीर रणभूमिमें पड़ा अपना मृत कलेवर देखने लगे। कुछ वीर मदान्ध होकर स्वपक्ष तथा परपक्षके वीरोंका वध करके पागलोंके समान इधर-उधर घूमने लगे ॥ १६ ॥ हे महाराज! जब भगवान सूर्य गगनमण्डलके मध्यमें पहुँचकर

समाजग्मुः सादिनः सादिभिस्तदा ॥ पट्टिशासिशरव्रातैः कुन्तैः सायककर्षणैः ॥१०॥ सशक्तिपरिघप्रासपरश्वधसमाकुलैः ॥ भिन्दिपालैर्महारौद्रैर्जघ्नु-
रन्योन्यमाहवे ॥ ११ ॥ अन्योन्यं जघ्निरे राजंश्चापमुक्तैः शिलाशितैः ॥ १२ ॥ राक्षसा दानवा राजन्क्षत्रियाश्च समन्ततः ॥ इतश्चेतश्च धावन्तः
कुर्वन्तो विस्वरं रवम् ॥१३॥ हताः केचिन्महाराज पेतुरुर्व्यां महासिभिः ॥ केचिन्मथितमतिस्ष्का गदाभिर्वीर्यवत्तमाः ॥ १४ ॥ भिन्नग्रीवा महाराज
परिघैः परिघायुधैः ॥ यमराष्ट्रं गताः केचित्केचित्स्वर्गं समाययुः ॥ १५ ॥ अप्सरोभिः समासेदुः पश्यन्तः स्वकलेवरम् ॥ केचित्स्वांश्च परांश्चैव
हत्वा भ्रान्ता इवाभवन् ॥ १६ ॥ एतस्मिन्नन्तरे राजञ्छङ्खा भेर्यः सहस्रशः ॥ सस्वनुः सर्वतः सैन्ये मृदङ्गा बहवस्तथा ॥ १७ ॥ मध्यंदिनगते सूर्ये
पापं दधति घोरवत् ॥ ततः पिशाचा विकृताः कराला विततोदराः ॥ १८ ॥ राक्षसाश्च महाघोराः पिशितं केशशाद्वलम् ॥ मुदिता भक्षयामासुः
पिबन्तः शोणितं बहु ॥ १९ ॥ सञ्चितानि शवान्यासन्कबन्धाः खड्गपातिताः ॥ विभज्य देशं बहुशो युद्धभूमौ शवाशिनः ॥ २० ॥ अथ श्येना
मृगाश्चैव कङ्का गृध्रास्तथा परे ॥ तुण्डैः शवान्विनिकृष्य भक्षयन्ति ततस्ततः ॥ २१ ॥ सप्ताशीतिसहस्राणि हता नागा नृपोत्तम ॥ त्रिंशत्सहस्र-
मयुतं निहता हयसत्तमाः ॥ २२ ॥ हतं लक्षं महाराज रथानां रथिभिः सह ॥ त्रिंशत्कोट्यो हतास्तत्र सादिनः सायुधा भृशम् ॥ २३ ॥ मध्यंदिन-
गते सूर्ये हताः केचन निर्गताः ॥ केचिच्च तृषिता राजन्विविशुः पुष्करं सरः ॥ २४ ॥ केचिद्भूमिं समालिङ्ग्य भीता इत्यब्रुवन्रणे ॥ मुक्तकेशाः

घोरतर ताप पहुँचाने लगे। उसी समय चारों ओरसे हजारों शंख, भेरी और मृदङ्ग एक साथ बजने लगे। तदनन्तर लम्बोदर तथा करालरूपधारी पिशाचगण एवं विकटाकार राक्षसगण महान् आनन्दके साथ रुधिर पान करने और मानवमांस खाने लगे ॥ १७–१९ ॥ रणभूमिमें मरकर गिरे सैनिकोंमेंसे बहुतेरे बिना गर्दनके शव हाथमें खड्ग ले-लेकर उठ खड़े होने लगे ॥ २० ॥ श्येन, काक, कंक और गृध्रगण शवोंको खींच-खींच तथा उनका मांस नोच-नोचकर खाने लगे ॥ २१ ॥ हे महाराज! उस युद्धमें सत्तासी हजार हाथी, चालीस हजार घोड़े, रथियों समेत एक लाख रथ एवं तीस करोड़ आयुधधारी पैदल सैनिक मारे गये ॥ २२ ॥ २३ ॥ उस मध्याह्नके समय जो भी वीर समरभूमिमें उतरा, वह फिर वहाँसे लौटकर नहीं आया। कुछ वीर मरकर पुष्कर सरोवरके जलमें जा गिरे ॥ २४ ॥ कुछ सैनिक पृथिवीपर गिरकर 'हाय, मैं मरा' कहते हुए चीत्कार करने करने लगे। केश छितराये हुए कुछ वीर रथसे

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

धरतीपर आ गिरे ॥ २५ ॥ कुछ अश्वारोही वीर क्रोधवश दाँतोंसे होंठ काटते हुए अश्वारोही वीरोंके समक्ष ही धराशायी हो गये। हे महाराज! पूर्वकालमें देवताओं और दैत्योंके बीच जैसा विकराल युद्ध हुआ था, उसी प्रकार घोरतर तथा आश्चर्यजनक युद्ध इस समय पुष्करतीर्थमें होने लगा ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां त्रयोविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२३ ॥

(भगवान कृष्णका उत्कर्ष) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इसी अवसरपर उभयपक्षमें द्वन्द्व युद्ध आरम्भ हो गया। गदाधारी तथा शार्ङ्गधनुर्धर भगवान कृष्ण विचक्रके साथ, बलभद्र हंसके साथ, सात्यकि डिम्भकके साथ तथा वसुदेव और उग्रसेन मानवमांसाहारी हिडिम्बसे भिड़ गये ॥ १ ॥ २ ॥ अन्यान्य यादवगण अन्यान्य वीरोंके साथ जूझने लगे। पहले भगवान कृष्णने विचक्रके वक्षस्थलमें तिहत्तर तीक्ष्ण बाण मारे ॥ ३ ॥ तदनन्तर दैत्यवर विचक्रने जब अपने तीक्ष्णधार बाणोंसे श्रीकृष्णको विद्ध किया तो सभी दर्शक

पतन्ति स्म रथान्संत्यज्य केचन ॥२५॥ संदष्टौष्ठपुटाः केचित्सादिनः पुरतो हताः ॥ अत्यद्भुतं महायुद्धमासीत्पुष्करतीर्थके ॥ यथा देवासुरं युद्धमासीत्पूर्वं नृपोत्तम ॥ २६ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि त्रयोविंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२३ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ एतस्मिन्नन्तरे राजन्द्वन्द्वयुद्धमवर्तत ॥ विचक्रं योधयामास शार्ङ्गधन्वा गदाधरः ॥ १ ॥ बलभद्रोऽथ हंसेन डिम्भकेन च सात्यकिः ॥ वासुदेवोग्रसेनाभ्यां हिडिम्बः पुरुषादकः ॥ २ ॥ शेषाश्च शेषै राजेन्द्र चक्रुर्युद्धमदीनगाः ॥ वासुदेवस्त्रिसप्तत्या दैत्यं वक्षस्यताडयत् ॥ ३ ॥ शरैर्निशितधाराग्रैर्विस्मयं दर्शयन्रणे ॥ दानवो देवदेवेशं दृढेन निशितेन च ॥ ४ ॥ शरेणाकर्णमाकृष्य धनुःप्रवरमीश्वरम् ॥ जघान स्तनमध्ये च पश्यतस्तु शचीपतेः ॥५॥ तेन विद्धोऽथ भगवान् वक्षोदेशे जनार्दनः ॥ अवमच्छोणितं विष्णुरादिकाले यथा प्रजाः ॥ ६ ॥ ततः क्रुद्धो हृषीकेशः क्षुरप्रेणाहनद्ध्वजम् ॥ अश्वांश्च चतुरो हत्वा सारथिं च शरैस्त्रिभिः ॥७॥ ततो दध्मौ महाशङ्खं यथा तारामये रणे ॥ रथादुत्प्लुत्य सहसा दानवः क्रोधमूर्च्छितः ॥ ८ ॥ गदां गृह्य महाघोरां दुःसहां वीर्यशालिनीम् ॥ तया जघान दैत्येन्द्रः किरीटे केशवस्य ह ॥ ९ ॥ ललाटे च पुनर्विष्णुं सिंहनादं व्यनीनदत् ॥ ततः शिलां च महतीं प्रगृह्य दनुजः किल ॥ १० ॥ भ्रामयित्वा दशगुणं प्राहरत्केशवोरसि ॥ तामापतन्तीं

आश्चर्यचकित हो गये ॥ ४ ॥ उसके बाद उसने कानतक धनुषकी डोरी खींचकर देवराज इन्द्रके समक्ष भगवान कृष्णकी छातीमें फिर एक बाण मारा ॥ ५ ॥ वक्षस्थलपर कठोर आघात लगनेके कारण, आदिकालमें उनके मुखसे जैसे प्रजाकी सृष्टि हुई थी, उसी प्रकार इस समय उनके मुखसे रुधिरकी धारा निकलने लगी ॥ ६ ॥ तदनन्तर अत्यधिक क्रुद्ध होकर भगवान कृ०.ने एक क्षुरप्र बाण चलाकर विचक्रके रथकी ध्वजा काट डाली और रथके चारों घोड़ोंको मारकर उन्होंने सारथीको तीन बाण मारे ॥ ७ ॥ उसके बाद पूर्वकालमें तारकयुद्धके अवसरपर उन्होंने जिस प्रकार शंखध्वनि की थी, उसी प्रकार वे इस समय भी शंखध्वनि करने लगे। उसी समय दानव विचक्र अत्यन्त क्रुद्ध होकर रथसे जमीनपर कूद पड़ा और एक महाभयानक गदासे श्रीकृष्णके किरीट तथा ललाटपर प्रहार करके घोर सिंहगर्जन करने लगा। उसने एक बहुत बड़ी शिला उठायी और उसे दसगुना वेगसे घुमाकर भगवानके वक्षस्थलपर प्रहार कर दिया।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भगवानने उस शिलाको अपनी ओर आती देखकर बीचमें ही थाम्ह लिया और उलटे उसीसे विचक्रपर प्रहार कर दिया ॥८-११॥ जिससे आहत होकर विचक्र दीर्घ श्वास लेता हुआ मृतकके समान धरतीपर गिर पड़ा ॥ १२ ॥ कुछ क्षणों बाद सचेत होनेपर वह मारे क्रोधके द्विगुणित भयानक हो उठा और एक भयावना परिघ हाथमें लेकर श्रीकृष्णसे बोला—॥ १३ ॥ हे गोविन्द ! मैं इसी परिघके प्रहारसे तुम्हारा अभिमान चूर्ण कर दूँगा । देवासुरसंग्राममके समय तुम मेरा पराक्रम भली भाँति देख चुके हो ॥१४॥ ये मेरे वे ही भुजदण्ड हैं और मैं भी वही हूँ । फिर भी तुम मेरे साथ युद्ध करनेका साहस कर रहे हो ? ॥१५॥ हे महाबाहो ! मैं तुम्हारे ऊपर इस परिघका प्रहार करता हूँ । यदि तुममें शक्ति हो तो इसका निवारण करो । ऐसा कहकर विचक्रने सबके समक्ष भगवानपर परिघका प्रहार कर दिया ॥१६॥ भगवानने उस परिघको हाथसे पकड़ लिया और 'अरे दुरात्मन् ! अब तू मरा' ऐसा कहकर अपने तीक्ष्ण खड्गसे उसे

संप्रेक्ष्य हस्तेनादाय केशवः ॥११॥ जघान च तया दैत्यं स पपातार्दितः क्षितौ ॥ गतासुरिव सञ्ज्ञे श्वसन्निव पपात ह ॥ १२ ॥ प्राप्य संज्ञां ततो दैत्यः क्रोधाद्द्विगुणमाबभौ ॥ आदाय परिघं घोरमिदमाह जनार्दनम् ॥ १३ ॥ अनेन तव गोविन्द दर्पजातं निहन्म्यहम् ॥ विक्रमज्ञस्तदा चासि मम देवासुरे रणे ॥ १४ ॥ तावेव विपुलौ बाहू स एवास्मि जनार्दन ॥ तथापि युध्यसे वीर ज्ञात्वा त्वं मामकं बलम् ॥ १५ ॥ वारयैनं महाबाहो परिघं बाहुनिःसृतम् ॥ इत्युक्त्वा देवदेवेशं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ चिक्षेप दैत्यो लोकेशं सर्वलोकस्य पश्यतः ॥ १६ ॥ तं गृह्य बाहुना कृष्णो हतोऽसीति वदन् हरिः ॥ खण्डशः कारयामास खड्गेन निशितेन ह ॥ १७ ॥ उत्पाट्य वृक्षं दैत्येशः शतशाखं महाशिखम् ॥ तेन संपोथयामास विष्टरश्रवसं विभुम् ॥१८॥ छित्त्वा तं चापि खड्गेन तिलशश्च चकार ह ॥ विक्रीड्य सुचिरं विष्णुस्तेन दैत्येन माधवः ॥१९॥ हन्तुमैच्छत्तदा दैत्यमादाय निशितं शरम् ॥ आग्नेयास्त्रेण संयोज्य जघानैनं महान् हरिः ॥ २० ॥ संदह्य स शरो दैत्यं सर्वलोकस्य पश्यतः ॥ यथापूर्वं जगामाशु करं भगवतः पुनः ॥ २१ ॥ हतशिष्टास्ततो दैत्याः पलायन्तो दिशो दश ॥ अद्यापि न निवर्त्तन्ते गच्छन्तो वै महोदधिम् ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने कृष्णस्योत्कर्षवर्णनं नाम चतुर्विंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२४ ॥

परिघको काटकर खण्ड-खण्ड कर दिया ॥१७॥ तदनन्तर दैत्येन्द्र विचक्रने सैकड़ों शाखाओंयुक्त एक विशाल वृक्ष उखाड़कर भगवानपर पटक दिया ॥१८॥ भगवानने उसे भी हाथमें थाम्हकर खड्गसे खण्ड-खण्ड कर डाला । भगवान कृष्ण इस प्रकार बड़ी देरतक उसके साथ खेलवाड़ करते रहे ॥ १९ ॥ अन्तमें उसका वध करनेके विचारसे उन्होंने एक विकराल आग्नेयास्त्र सम्हाला और उसीसे दैत्यराज विचक्रपर प्रहार कर दिया ॥ २० ॥ उस महान् आग्नेयास्त्रने सब लोगोंके समक्ष विचक्रका सारा शरीर भस्म कर दिया और लौटकर वह पुनः भगवानके करकमलमें जाकर विराजमान हो गया ॥ २१ ॥ मरनेसे बचे हुए शेष दैत्य चारों ओर भागकर गये । वहाँसे भागकर वे समुद्रमें जा छिपे और वहाँसे आजतक वापस नहीं लौटे ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुर्विंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२४ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(हंस और बलभद्रका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! उसी समय धनुर्धारियोंमें अग्रणी धर्मात्मा बलरामने एक धनुष लेकर दस बाणोंसे हंसको आहत कर दिया ॥ १ ॥ तब हंसने भी पाँच बाणोंसे बलरामजीपर प्रहार किया । किन्तु वीर बलरामने उन बाणोंको बीचमें ही काटकर हंसके वक्षस्थलमें दस बाणोंका प्रहार करके एक बाण उसके ललाटमें मारा । उसके आघातसे हंस मूर्छित होकर गिर पड़ा ॥२॥३॥ बड़ी देरतक रथपर निश्चेष्ट पड़ा रहनेके बाद वह सचेत हुआ तो तत्काल उसने एक बाण निकालकर बलरामपर प्रहार किया और सिंहगर्जन करने लगा । उसका यह साहस देखकर देवता भी चकरा गये ॥४॥ अत्यधिक आघात लगनेके कारण बलभद्र मुखसे रुधिर वमन करते हुए लम्बी साँसें लेने लगे ॥ ५ ॥ उनका सारा शरीर रुधिरसे भींग गया । जिससे ऐसा लग रहा था कि मानो वे कुंकुमके रंगीन जलसे नहाये हुये हों । तदनन्तर नीलाम्बरधारी हलायुध बलरामजीने हंस सदृश चालवाले

वैशम्पायन उवाच ॥ बलदेवस्तु धर्मात्मा धनुरादाय सत्वरम् ॥ जघान हंसं दशभिर्बाणैर्बाणभृतां वरः ॥ १ ॥ तं प्रत्यविध्यन्नाराचैर्हंसः
पञ्चभिराशुगैः ॥ तानन्तरे हली छित्वा नाराचैर्दशभिः पुनः ॥ २ ॥ नाराचेनाशु विव्याध ललाटे हंसमोजसा ॥ दृढं पतन्स नाराचस्तस्य संज्ञां
समाददे ॥३॥ लब्ध्वा हंसः स संज्ञां तु विद्ध्वा तेन यदूत्तमम् ॥ सिंहवद्व्यनदद्धंसो देवान्विस्मापयन्रणे ॥४॥ ततः क्रुद्धो हली विद्धस्तेन बाणेन
माधवः ॥ वमञ्छोणितमत्युष्णं निःश्वसंश्च रणाजिरे ॥५॥ लोहिताविष्टगात्रस्तु कुङ्कुमार्द्र इवाभवत् ॥ नाराचैः शतसाहस्रैरर्दयामास माधवः ॥ ६ ॥
हंसं हंसगतिं वीर नीलवासा हलायुधः ॥ ते मुक्ता निशिता घोरा नाराचाश्च सुवाजिनः ॥ ७ ॥ रथे ध्वजे तथा चापे चक्रे तूणीद्वये नृप ॥
पतिताः सर्वतो राजन् व्यथां चैव तथा ददुः ॥ ८ ॥ ततः क्रुद्धो महाराज हंसो वीर्यमदान्वितः ॥ शरेण हलिनं विद्ध्वा ध्वजं चिच्छेद कालवित्
॥९॥ शरैश्चतुर्भिरश्वांश्च सूतं प्रेताधिपं ददौ ॥ ततः क्रुद्धो हली तस्मै गदां गृह्य महारणे ॥१०॥ आपपात महाबाहुर्हंसं शेष इव श्वसन् ॥ तथा रथं
ध्वजं चक्रमश्वान्सूतं हलायुधः ॥ बभञ्ज तिलशः सर्वं ननाद च पुनः पुनः ॥ ११ ॥ भूयश्च गदया हंसं चिक्षेप च बली किल ॥ सोऽपि हंसो गदां
गृह्य रथात्तस्मादवापतत् ॥१२॥ ततस्तौ हंसहलिनौ युयुधाते महारणे ॥ महारथौ महाबाहू लोके प्रथिततेजसौ ॥ १३ ॥ अत्यद्भुतौ सुविक्रान्तौ

हंसपर एक साथ सात हजार बाणोंकी वर्षा कर दी । वे बाण हंसके रथ, ध्वज, छत्र तथा उसके दोनों तरकसोंमें जाकर लगे । हे महाराज ! इस प्रकार उन बाणोंने आघात करके उसे बहुत कष्ट दिया ॥ ६–८ ॥ तब बलगर्वित हंसने अतिशय क्रुद्ध होकर एक बाणसे बलरामको विद्ध करके दूसरे बाणसे उनकी ध्वजा काट डाली ॥ ९ ॥ इसके बाद उसने चार बाणोंसे उनके चारों घोड़ों तथा सारथीको यमपुर भेज दिया । तब बलदेवने अत्यन्त क्रुद्ध होकर गदा सम्हाली और शेष भगवानके समान दीर्घ श्वास लेते हुए हंसके ऊपर प्रहार कर दिया । उस गदाघातसे हंसके रथ, ध्वज, चक्र और जुये छिन्न-भिन्न हो गये ॥ १० ॥ ११ ॥ तदनन्तर उन्होंने हंसपर फिर गदाका एक प्रहार किया । उसी समय हंस भी गदा लेकर रथसे कूद पड़ा ॥ १२ ॥ तब विख्यात पराक्रमी, आजानुलम्बित बाहु एवं सिंहके समान दोनों महावीरोंमें गदायुद्ध होने लगा ॥ १३ ॥ परस्पर वध करनेके अभिलाषी वे दोनों वीर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रम करते हुए इस प्रकार युद्ध करने लगे, जैसे पूर्वकालमें देवासुरसंग्रामके अवसरपर इन्द्र और वृत्रासुर परस्पर विनाशके लिए लड़े थे। उस युद्धमें बलभद्र तथा हंस दोनों रुधिरसे नहा गये ॥ १४ ॥ १५ ॥ परस्परके प्रहारसे दोनों खिन्न हो गये। अन्तमें बलराम दक्षिण तथा हंस वाम मण्डल बाँधकर पैतरे बदलने लगे। गजराजके समान पराक्रमी वे दोनों वीर प्राणपणसे परस्पर एक दूसरेपर निर्मम प्रहार कर रहे थे। इस प्रकार वह संग्राम देवासुरसंग्रामके समान भीषण हो उठा ॥ १६–१८ ॥ देवता, मुनि, गन्धर्व और किन्नर वह महायुद्ध देखकर विस्मयके समुद्रमें डूब गये। वे परस्पर कहने लगे—ऐसा युद्ध तो हमने न कभी देखा और न सुना ही था ॥ १९ ॥ २० ॥ किन्तु वे दोनों महावीर पूर्ण उत्साहपूर्वक उत्तम रीतिसे युद्ध करते ही रहे। उसी समय हंस दक्षिण और बलराम वाम मण्डलसे पैतरे बदलने लगे। वे दोनों रणविशारद वीर घुटने मोड़कर घोरतर गदायुद्ध करने लगे ॥ २१ ॥ २२ ॥

परस्परवधैषिणौ ॥ कृतश्रमौ महायुद्धे हंसविक्रान्तगामिनौ ॥१४॥ यथा देवासुरे युद्धे शक्रवृत्रौ पुराऽम्बरे ॥ उभौ संसक्तसर्वाङ्गौ शोणितेन महारणे ॥१५॥ अत्यन्तखेदिनौ युद्धे परस्परबलेन ह ॥ ततश्च दक्षिणं मार्गं बलभद्रोऽग्रहीदथ ॥१६॥ सव्यं तु हंसो राजेन्द्रो व्यगृह्णात्स्वयमेव हि ॥ पोथयाञ्चक्रतुर्युद्धे गदाभ्यां गजविक्रमौ ॥१७॥ यथाप्राणं महाबाहू जघ्नतुर्मरणाय तौ ॥ अतिप्रवृद्धं संग्रामं देवासुररणोपमम् ॥१८॥ विदधाते महारङ्गे पश्यतां त्रिदिवौकसाम् ॥ देवाश्च मुनयश्चैव विस्मयं परिजग्मिरे ॥ १९ ॥ अहो खल्वीदृशं युद्धं दृष्टं पूर्वं न च श्रुतम् ॥ इत्यूचुर्विस्मयवशाद्देवगन्धर्वकिन्नराः ॥२०॥ परस्परकृतोत्साहौ चक्रतुर्युद्धमुत्तमम् ॥ अथ हंसो महारङ्गे दक्षिणं दक्षिणोत्तमः ॥२१॥ व्यचरन्मार्गमत्यर्थं सव्यं तु बलवान्बलः ॥ निकुञ्चय जानुनी पूर्वं चक्रतुर्गदया भृशम् ॥ रणे रणविदां श्रेष्ठौ पश्यतां त्रिदिवौकसाम् ॥ २२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने हंसबलभद्रयुद्धे पञ्चविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२५ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ युद्धं चक्रतुरत्यर्थं ततो डिम्भकसात्यकी ॥ तावुभौ बलिनौ वीरौ विख्यातौ क्षत्रियेषु च ॥ १ ॥ कृतश्रमौ महायुद्धे सततं वृद्धसेविनौ ॥ सात्यकिर्दशभिर्वीरो डिम्भकं वेदपारगम् ॥ २ ॥ अविध्यन्निशितैर्बाणैस्तेन वक्त्रे तथोरसि ॥ स तेन विद्धो बलिना डिम्भकः क्षत्रियोत्तमः ॥ ३ ॥ नाराचैः पञ्चसाहस्रैर्विव्याध युधि गर्वितः ॥ तानन्तरे वृष्णिवीरो निषिद्धन्निनदन्नुवन् ॥ ४ ॥ अथ क्रुद्धो नृपवरो विद्धः सप्तभिराशुगैः ॥ पुनः शतसहस्रेण प्रत्यविध्यत सात्यकिम् ॥ ५ ॥ सात्यकिस्त्वथ विक्रान्तो धनुश्चिच्छेद तस्य तत् ॥ अर्धचन्द्रेण तीक्ष्णेन डिम्भ-

इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां पञ्चविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२५ ॥

वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! इधर क्षत्रियविख्यात वृद्धसेवी बलवान् सात्यकि और डिम्भकमें घोरतर युद्ध आरम्भ हो गया ॥१॥ पहले सात्यकिने वेदपारंगत डिम्भकके मुख तथा छातीपर दस तीक्ष्ण बाणोंका प्रहार किया। क्षत्रियोत्तम डिम्भकने भी उन बाणोंसे विद्ध होते ही सात्यकिपर एक साथ पाँच हजार बाणोंकी वर्षा कर दी। वृष्णिवर सात्यकि उन सभी बाणोंको व्यर्थ करके सिंहनाद करने लगे ॥ २–४ ॥ तदनन्तर क्रुद्ध नृपवर डिम्भकने पहले और उसके बाद हजारों बाणोंका प्रहार करके सात्यकिको घायल कर दिया ॥५॥ तब महावीर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सात्यकिने एक अर्द्धचन्द्र बाण द्वारा उसका धनुष काट डाला।।६।। वीर डिम्भकने वह धनुष फेंककर दूसरा धनुष सम्हाला और तेलधौत अतिभयंकर क्षुरप्र बाणका प्रयोग कर दिया ।।७।। उस बाणसे आहत होनेपर सात्यकि मुखसे रुधिरका वमन करने लगे। उस समय वे वसन्तकालीन पुष्पित किंशुकके समान शोभित हुए ।।८।। फिर भी उन्होंने एक बाणसे डिम्भकके इस नवीन धनुषको भी काट डाला। तब डिम्भकने दूसरा धनुष लिया और तीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करके सात्यकिको बींध दिया। किन्तु सात्यकिने पुनः उसका धनुष काट डाला। तब नृपोत्तम डिम्भकने दूसरा धनुष सम्हाला ।। ९–११ ।। उस धनुषसे डिम्भकने फिर सात्यकिपर कठोर प्रहार किया, किन्तु सात्यकिने फिर उसका धनुष काट डाला। हे महाराज! इस प्रकार सब राजाओंके समक्ष सात्यकिने डिम्भकके पाँच सौ पाँच धनुष काटकर सिंहगर्जन किया। अब वे दोनों वीर धनुष त्याग तथा भीषण तलवार लेकर मैदानमें उतरे। वे दोनों ही वीर खड्गयुद्धमें पूर्ण निपुण थे

कस्य स यादवः ।। ६ ।। आजघ्ने डिम्भको वीरश्चापमादाय चापरम् ।। क्षुरप्रेणाथ रौद्रेण तैलधौतेन विक्रमी ।। ७ ।। स तेन विद्धो बाणेन वमञ्छोणितकं नृप ।। अतीव शुशुभे राजन् वसन्ते किंशुको यथा ।। ८ ।। धनुश्चिच्छेद भूयस्तु गृहीतं यत्पुरा धनुः ।। ततोऽन्यद्धनुरादाय डिम्भको यादवेश्वरम् ।। ९ ।। जघान निशितैर्बाणैः सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ।। स धनुः पुनरप्युग्रं चिच्छेद युधि सात्यकिः ।। १० ।। शरेण तीक्ष्णपुंखेन डिम्भकस्य दुरात्मनः ।। ततोऽन्यद्धनुरादाय सत्वरं स नृपोत्तमः ।।११।। धनुषा तेन राजेन्द्र सात्यकिं विव्यधे पुनः ।। एवं धनूंषि राजेन्द्र शतं पञ्च च पञ्च च ।।१२।। छित्त्वा ननाद शैनेयः सर्वक्षत्रस्य पश्यतः ।। धनुषी तौ परित्यज्य वीरौ डिम्भकसात्यकी ।।१३।। खड्गौ प्रगृह्य चात्युग्रौ युद्धाय समुपस्थितौ ।। तौ हि खड्गविदां श्रेष्ठौ वीरौ डिम्भकसात्यकी ।।१४।। दौःशासनिर्महाभाग सौमदत्तिस्तथैव च ।। अभिमन्युश्च विक्रान्तो नकुलश्च तथैव च ।।१५।। एते खड्गविदां श्रेष्ठाः कीर्तिता युधि सत्तमाः ।। एतेष्वेतौ नृपश्रेष्ठौ खड्गे हि नृपसत्तम ।।१६।। तावेतावसिना युद्धं चक्रतुर्युद्धलालसौ ।। भ्रान्तमुद्भ्रान्तमाविद्धं प्रविद्धं बाहुनिःसृतम् ।। १७ ।। आकरं विकरं भिन्नं निर्मर्यादममानुषम् ।। संकोचितं कुलचितं सव्यजानु विजानु च ।। १८ ।। आहितं चक्रकं क्षिप्तं कुसुम्बं लम्बनं धृतम् ।। सर्वबाहुर्विनिर्बाहुः सव्येतरमथोत्तरम् ।। १९ ।। त्रिबाहुस्तुङ्गबाहुश्च सव्योन्नतमुदासि च ।। पृष्ठतः प्रथितं चैव यौधिकं प्रथितं तथा ।। २० ।। इति प्रकारान्द्वात्रिंशच्चक्रतुः खड्गयोधिनौ ।। पुनः पुनः प्रहरन्तौ न च श्रममुपेयतुः ।। २१ ।। पुष्करस्थौ महाराज

।। १२–१४ ।। हे राजन्! दुःशासनपुत्र, डिम्भक, सात्यकि, सोमदत्ततनय, महाबली अभिमन्यु और नकुल ये छ वीर असियुद्धमें अग्रणी माने जाते थे। उनमें भी सात्यकि तथा डिम्भक इस विद्यामें विशेष विख्यात थे ।। १५ ।। १६ ।। अब उन दोनों वीरोंमें भयानक असियुद्ध आरम्भ हो गया। वे भ्रान्त, उद्भ्रान्त, आविद्ध, प्रविद्ध, बाहुनिःसृत, आकर, विकर, भिन्न, निर्मर्याद, अमानुष, संकोचित, कुलचित, सव्यजानु, विजानु, आहित, चक्रक, क्षिप्त, कुसुम्ब, लम्बन, धृत, सर्वबाहु, विनिर्बाहु, सव्येतर (दक्षिण), उत्तर, त्रिबाहु, तुङ्गबाहु, सव्य, उन्नत, उदासि, पृष्ठ, प्रथित, यौधिक, प्रथित इन बत्तीस प्रकारकी असियुद्धकी कलाओंका प्रदर्शन करते हुए वे दोनों वीर लड़ने लगे। किन्तु आश्चर्यकी बात तो यह थी कि बारम्बार खड्गका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रहार करते हुए भी उन दोनोंमें कोई थकता नहीं था ॥ १७–२१ ॥ पुष्कर तीर्थमें उन दोनों वीरोंकी वीरता देखकर देवता, गन्धर्व, सिद्ध, यक्ष, महोरग तथा परमर्षिगण 'ओह ! इनमें कितना बल है ! ये ही सच्चे खड्गयोद्धा और ये ही वास्तविक धनुर्वेदके पारदर्शी विद्वान् हैं। इनका धैर्य भी सराहनीय है ॥ २२ ॥ २३ ॥ इनमेंसे एक शंकरजीका शिष्य है और दूसरा द्रोणाचार्यका। अर्जुन, सात्यकि और जगत्पति वासुदेव कृष्ण भगवान ये तीनों जिस प्रकार संग्रामकलामें विशेष विख्यात हैं, उसी प्रकार डिम्भक, कार्तिकेय और महादेवजी भी महारथीके नामसे विख्यात हैं। बल और वीर्यमें कोई इनकी बराबरी नहीं कर सकता' ॥ २४–२६ ॥ आकाशमार्गमें स्थित वे देवता-गन्धर्वादि उन्हें देखते हुए इस प्रकार प्रशंसा करने लगे ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी'भाषाटीकायां षड्विंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२६ ॥

युद्धाय कृतनिश्चयौ ॥ ततो देवाः सगन्धर्वाः सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ २२ ॥ तुष्टुवुस्तौ महाराज जये कृतपरिश्रमौ ॥ अहो वीर्यमहो धैर्यमनयोर्बाहुशालिनोः ॥२३॥ एतावेव रणे शक्तौ खड्गे धनुषि पारगौ ॥ एकः शिष्यो गिरीशस्य द्रोणस्यान्यो हि धीमतः ॥२४॥ अर्जुनः सात्यकिश्चैव वासुदेवो जगत्पतिः ॥ त्रय एते महाराज प्रथिताः संगरे सदा ॥२५॥ डिम्भकः शक्तिभृच्छर्वस्त्रय एते महारथाः ॥ प्रसिद्धाः सर्व एवैते वीर्येषु च बलेषु च ॥ २६ ॥ इति ते देवगन्धर्वाः सिद्धा यक्षा महोरगाः ॥ दिवि स्थिताः समं ब्रूयुर्युद्धदर्शनलालसाः ॥ २७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपख्याने षड्विंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२६ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ वसुदेवोग्रसेनौ च वृद्धौ युद्धे सुनिर्वृतौ ॥ जराजरितसर्वांगौ पलितांगशिरोरुहौ ॥ १ ॥ ज्ञानविज्ञानसंपन्नौ राजमार्गविशारदौ ॥ युयुधाते महारङ्गे राक्षसेन दुरात्मना ॥ २ ॥ शरैरनेकसाहस्रैरर्दयामासतू रणे ॥ राक्षसेन्द्रं दुरात्मानं हिडिम्बं पुरुषादकम् ॥ ३ ॥ हिडिम्बो राक्षसेन्द्रस्तु भक्षयन्सर्वतो नरान् ॥ अतिप्रवृद्धो दुष्टात्मा लम्बबाहुर्महाहनुः ॥ ४ ॥ लम्बोदरो विरूपाक्षः पिङ्गकेशो विलोचनः ॥ श्येननासो महारौद्र ऊर्ध्वरोमा महाभुजः ॥ ५ ॥ पर्वताकारवर्ष्मा च दीर्घदंष्ट्रः शिवाननः ॥ लम्बोदरो दीर्घदन्तो जगद्ग्रासपरस्तथा ॥ ६ ॥ उत्तुङ्गांसो

(डिम्भककी पराजय) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! वृद्ध और युद्धमें पूर्ण निपुण, पलितकेश, जराजीर्ण कलेवर महात्मा वसुदेव और उग्रसेन ये दोनों उस महारणमें दुष्ट राक्षस हिडिम्बके साथ युद्ध करने लगे ॥ १ ॥ २ ॥ उन्होंने अनेक सहस्र बाणोंकी वर्षा करके नरमांसाहारी दुरात्मा राक्षसेन्द्र हिडिम्बको त्रस्त कर दिया ॥३॥ तब राक्षसराज हिडिम्ब अगणित मनुष्योंका मांस भक्षण करता हुआ रणभूमिमें इधर-उधर चक्कर काटने लगा। उसकी बड़ी लम्बी भुजायें थीं। हनु भी उसी प्रकार विशाल था। उसका उदर बहुत लम्बा था। आँखें बड़ी डरावनी थीं। उसके केश और नेत्र पिंगलवर्ण थे। उसकी नासिका श्येनपक्षीके समान थी। वह देखनेमें बड़ा भयानक लगता था। उसके रोयें खड़े थे। उसकी भुजायें भी बड़ी लम्बी थीं ॥ ४ ॥ ५ ॥ उसका शरीर पर्वताकार, दाँत बड़े-बड़े, मुख सुन्दर और उदर लम्बा था। उसे देखकर ऐसा लगता था कि वह समस्त संसारको खा जायगा ॥ ६ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

उसकी छाती बड़ी चौड़ी थी, स्कन्धप्रदेश ऊँचा था और ग्रीवा हाथीके समान विस्तृत थी। वह बारम्बार मांसपिण्ड खाता हुआ रुधिर पान कर रहा था ॥ ७ ॥ वह हाथियोंको हाथियोंसे, घोड़ोंको घोड़ोंसे, रथोंको रथोंसे और सवारोंको सवारोंसे ही प्रहार करके चूर्ण करता हुआ सम्मुखवर्ती मनुष्योंको अपने निःश्वासपवनसे नासिकाविवरमें खींचने लगा। राक्षसराज हिडिम्ब वृष्णियोंमेंसे जिस किसीको भी सामने पाता, उसीको मारकर खा जाता और देखते-देखते चबा डालता था ॥ ८–१० ॥ हे महाराज! प्रलयकालमें शंकरभगवान जिस तरह प्रजाजनोंको उदरस्थ कर जाते हैं, उसी प्रकार राक्षसेन्द्र हिडिम्ब भी यादवसैनिकोंको भक्षण करने लगा ॥ ११ ॥ १२ ॥ ऐसी परिस्थितिमें बहुतेरे यादव भाग गये और बहुतेरे पकड़े जाकर हिडिम्बके आहार बन गये ॥ १३ ॥ हे महाराज! पूर्वकालमें जिस प्रकार कुम्भकर्णने बहुतसे बन्दरोंको खा डाला था, उसी प्रकार इस समय हिडिम्बने यादवोंको भक्षण

महोरस्को दीर्घग्रीवो गजोपमः ॥ भक्षयन्मांसपिटकं पिबञ्छोणितसंचयम् ॥ ७ ॥ गजान्नागैः समाहत्य हयैरश्वान्नृपोत्तम ॥ रथान् रथैः समाहत्य सा-
दिनः सादिभिस्तथा ॥ ८ ॥ मनुष्यान्स्वपुरो दृष्ट्वा नास्यग्रासं चकार सः ॥ कांश्चिद्धृत्वा महाराज वृष्णिपालान्समन्ततः ॥९॥ भक्षयामास सहसा
हिडिम्बः पुरुषादकः ॥ यान्पश्यन्पुरतो रक्षस्ताञ्जघान विरूपधृक् ॥ १० ॥ भक्षयन्नपरान्वृष्णीन् यादवान्राक्षसेश्वरः ॥ चिक्षेप सहसा कांश्चिद्धिडिम्बः
पुरुषादकः ॥ ११ ॥ अन्तकाले यथा क्रुद्धो रुद्रः प्राणभृतो नृप ॥ क्षणेनैकेन सर्वांस्तान्भक्षयामास राक्षसः ॥ १२ ॥ केचिद्भीता दिशः प्रापुर्वृष्णयो
वीर्यशालिनः ॥ केचित्तु भक्षितास्तेन रक्षसा वृष्णिपुंगवाः ॥ १३ ॥ कुम्भकर्णो यथा राजन्भक्षयामास वानरान् ॥ निःशेषं वृष्णिसैन्यं तु चकार
पुरुषादकः ॥ १४ ॥ निश्चेष्टं वृष्णिसैन्यं तु स्थितं चित्रं पटे यथा ॥ एतस्मिन्नन्तरे क्रुद्धौ वृद्धौ यादवपुंगवौ ॥ धनुर्गृह्य महाघोरं राक्षसस्य पुरः
स्थितौ ॥ १५ ॥ यथा क्रुद्धस्य सिंहस्य मृगौ वृद्धतमाविव ॥ व्यादायास्यं महारक्षस्तौ वृद्धावभ्यधावत ॥ १६ ॥ चिखादिषुर्विरूपाक्षः पातालतल-
सन्निभः ॥ ततो रक्षः पर्यधावत्खादन्खादन्कलेवरम् ॥ १७ ॥ पूरयामासतुर्वीरौ शरैर्यदुवृषौ नृप ॥ हिडिम्बस्य महाघोरं व्यादितास्यमिवान्तकम्
॥ १८ ॥ सर्वांस्तान्वारयामास देवशत्रुर्विरूपधृक् ॥ धावति स्म ततो रक्षो व्यादितास्यं भयानकम् ॥ १९ ॥ तयोर्गृहीत्वा धनुषी बभञ्ज युधि

करना आरम्भ कर दिया ॥ १४ ॥ ऐसा करके उसने कुछ ही देरमें समस्त यादवी सेनाको चित्रलिखित जैसा निश्चेष्ट कर दिया। उसी समय वृद्ध वृष्णिवीर वसुदेव और उग्रसेन अत्यधिक क्रुद्ध हो और अपना-अपना धनुष सम्हालकर उस भयानक राक्षसके समक्ष जा खड़े हुए ॥ १५ ॥ जैसे किसी क्रुद्ध सिंहके सम्मुख दो बूढ़े मृग जाकर खड़े हो जायँ और सिंह उन्हें देखते ही उनकी ओर झपटे। उसी प्रकार राक्षसेन्द्र उन्हें देखते ही मुँह फैलाकर बड़े वेगसे दौड़ा ॥ १६ ॥ विकराल नयनोंवाले उस राक्षसका मुख पातालविवरके समान भयानक था। वह मार्गमें मिलनेवाले प्राणियोंका खाता हुआ उन दोनों वृद्धोंकी ओर बढ़ता गया ॥ १७ ॥ उस समय यदुवीर वसुदेव और उग्रसेनने अनवरत बाणवर्षा करके यमराजके समान भीषण मुख फैलाये हुए उस राक्षसका मुख बाणोंसे भर दिया ॥ १८ ॥ किन्तु वह विकटाकार दानव बाणोंको भक्षण करता हुआ दौड़ता ही रहा ॥ १९ ॥ अन्तमें उन दोनों महा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वीरोंके पास पहुँचकर उसने उनके धनुषोंको तोड़ डाला। तदनन्तर वह विकृतानन दानव सब राजाओंके समक्ष अपनी विशाल भुजायें फैलाकर उन दोनों वृद्धोंको पकड़नेके लिए आगे बढ़ा और वसुदेवको सम्बोधित करके कहने लगा——॥ २० ॥ २१ ॥ हे नृपाधम ! मैं अभी तुम दोनोंको खा जाऊँगा। हे उग्रसेन ! ऐसी स्थितिमें भी तुम मेरे सम्मुख क्यों खड़े हो ? ॥ २२ ॥ भगवानने तुम्हें मेरा ग्रास बना दिया है। अतएव आओ, तुम दोनों मेरे मुखविवरमें समा जाओ ॥ २३ ॥ मैं युद्ध करते-करते थक गया हूँ और मुझे बड़ी भूख लगी है। अतएव तुम किसी तरह मुझसे छूटकर नहीं जा सकते। सो तुम दोनों शीघ्र मेरे मुखमें घुस जाओ ॥ २४ ॥ तुम्हारा रुधिर पीकर मैं तृप्त हो जाऊँगा। उसके बाद आनन्दपूर्वक तुम दोनोंका मांस भक्षण करूँगा ॥ २५ ॥ हे महाराज ! ऐसा कहकर राक्षसराज हिडिम्ब अपना विकराल मुख फैलाकर बड़े वेगसे उनकी ओर दौड़ा ॥ २६ ॥ वसुदेव और उग्रसेन निरस्त्र

सत्वरम् ॥ बाहू प्रसार्य दुष्टात्मा राक्षसो विकृताननः ॥ २० ॥ वसुदेवं महीपालं राजानं वृद्धसेविनम् ॥ गृहीतुं राक्षसश्रेष्ठो यतते नृपसंसदि ॥२१॥ हिडिम्ब उवाच ॥ एष वां भक्षयिष्यामि वसुदेवं त्वया सह ॥ उग्रसेन किमर्थं त्वं तिष्ठसे मत्पुरोगमः ॥ २२ ॥ आगच्छ प्रविशास्यं मे ग्रासभूतौ तु वां मम ॥ विधिना निर्मितो वृद्धो वसुदेवो हरेः पिता ॥ २३ ॥ बुभुक्षितः श्रमार्तश्च युद्धे त्वरितविक्रमः ॥ मन्मुखान्नैव गच्छेतां प्रविशेतां त्वरान्वितौ ॥ २४ ॥ युवयोः शोणितं पीत्वा तृप्तिं यास्यामि निर्वृतः ॥ खादामि च पुनर्मांसं वृद्धयोर्युवयोः सुखम् ॥ २५ ॥ इति ब्रुवंस्तथा रक्षो व्यादितास्यं महाहनुः ॥ धावति स्म तदा क्षिप्रं हिडिम्बो राक्षसेश्वरः ॥ २६ ॥ वसुदेवोग्रसेनौ च भीतौ विप्रेक्ष्य सर्वतः ॥ दिशोऽभ्यभजतां राजन्निःशस्त्रौ वृष्णिपुङ्गवौ ॥ २७ ॥ एतस्मिन्नन्तरे दृष्ट्वा बलभद्रः प्रतापवान् ॥ दृष्ट्वा च तौ तथाभूतौ वसुदेवोग्रसेनकौ ॥ २८ ॥ वासुदेवं समादिश्य हंसं युध्यन्तमीश्वरः ॥ निर्गत्य चान्तरं तस्य राक्षसस्य दुरात्मनः ॥ २९ ॥ मा कृथाः साहसं रक्षो मुञ्चैतौ राजसत्तमौ ॥ स्थितोऽस्मि युध्यतां रक्षो मया शत्रुं जिघांसता ॥३०॥ अहमेव हनिष्ये त्वां का चेयं तव भीषिका ॥ इति ब्रुवाणं हलिनं तौ विसृज्य महारणे ॥३१॥ महानयमसौ दुष्टो भक्षयाम्येनमग्रतः ॥ विदार्य पूर्ववद्वक्त्रं बलभद्रमुपाद्रवत् ॥ ३२ ॥ विसृज्य सशरं चापं राक्षसस्य पुरः स्थितः ॥ मुष्टिं प्रगृह्य बलवान् स्फोटयन्बाहुमुत्तमम् ॥ ३३ ॥ हिडिम्बस्त्वथ दुष्टात्मा मुष्टिं कृत्वा भयानकम् ॥ जघान वक्षो रामस्य व्यादितास्य इवान्तकः ॥ ३४ ॥ क्रुद्धोऽथ

थे। अतएव उस विकटाकार दानवको देखकर वे बहुत भयभीत हो गये और इधर-उधर भागने लगे ॥ २७ ॥ उसी समय परम प्रतापी बलरामने उन दोनों वृद्धोंको ऐसी स्थितिमें देखा तो वे हंसके साथ चलते हुए युद्धका भार भगवान कृष्णपर डालकर स्वयं उस दुष्ट राक्षस हिडिम्बके सम्मुख जा पहुँचे और उसे सम्बोधित करके कहा—॥ २८ ॥ २९ ॥ 'अरे दुष्ट ! अब आगे मत बढ़। उन्हें छोड़ दे। शत्रुओंका संहार करनेके लिए मैं खड़ा हूँ। तू मेरे साथ युद्ध कर ॥ ३० ॥ तू इस प्रकारकी विभीषिका क्यों खड़ी कर रहा है ? मैं स्वयं तेरा विनाश करूँगा।' बलरामके वचन सुनकर हिडिम्बने उन दोनों वृद्धोंको त्याग दिया और 'यह बृहत्काय पुरुष है, पहले इसीको खाऊँ' ऐसा कह और मुँह बाकर वह बलरामकी ओर झपटा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ तब बलभद्र धनुष-बाण त्याग और मुक्का तानकर उसके समक्ष खड़े हो गये ॥ ३३ ॥ उसी समय मुँह बाये हुए उस राक्षसने मुँह फैलाकर समक्ष खड़े यमराजके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सदृश भयानक बलरामजीकी छातीपर एक मुक्का मारा ॥ ३४ ॥ उस मुष्टिप्रहारसे कुपित होकर बलरामने भी तानकर एक मुक्का उस दुष्टकी छातीमें मारा ॥ ३५ ॥ अब उन मनुष्य तथा राक्षस वीरोंमें भयानक मुष्टियुद्ध आरम्भ हो गया और जोरोंका 'चटाचट तथा घमाघम' शब्द सुनाई देने लगा ॥३६॥ तभी हिडिम्बने देवराज इन्द्रके वज्रघात सदृश भयानक एक मुक्का बलरामजीकी छातीमें मारा। उस प्रहारको सहकर बलरामने भी उस देवद्वेषी हिडिम्बके वक्षस्थलमें मुक्का मारा। उसके बाद ही उन्होंने उसके मुखपर दो थप्पड़ भी जमा दिया। उस आघातसे ही हिडिम्ब मृतकके समान घुटने टेककर धरतीपर लोट गया ॥ ३७–४० ॥ तदनन्तर बलरामने उसे दोनों हाथोंसे उठाकर वहाँ उपस्थित लोगोंको अपना पराक्रम दिखाते हुए कुछ देर यों ही लिये खड़े रहे। उसके बाद उसका इस प्रकार फेंका कि वह मरकर दो कोस दूर जा गिरा ॥ ॥ ४१–४३ ॥ अब मरनेसे बाकी बचे हुए राक्षस बलरामजीके भयसे

बलभद्रस्तु मुष्टिना तेन ताडितः ॥ जघान मुष्टिना तेन राक्षसेशमनिन्दितः ॥ ३५ ॥ मुष्टियुद्धं समभवन्नरराक्षसवीरयोः ॥ युद्धयतोर्युद्धरङ्गेऽथ नरराक्षससिंहयोः ॥ ३६ ॥ तयोश्चटचटाशब्दः प्रादुरासीद्भयानकः ॥ अथ राक्षसराजस्तु मुष्टिना राममाहवे ॥ ३७ ॥ जघान वक्षोदेशे तु वज्रेणेव पुरन्दरः ॥ अथ रामो बली साक्षान्मुष्टिं संवर्त्य यत्नतः ॥ ३८ ॥ हिडिम्बं ताडयामास वक्षस्यमरविद्विषम् ॥ तलाभ्यामथ रामस्तु वक्त्रे हत्वा स राक्षसम् ॥ ३९ ॥ आहतस्तलघातेन हिडिम्बो राक्षसेश्वरः ॥ जानुभ्यामपतद्भूमौ गतासुर्वीरराक्षसः ॥ ४० ॥ तत उत्पात्य रामस्तु दोर्भ्यां संगृह्य राक्षसम् ॥ आदाय बाहुवेगेन भ्रामयित्वा पदात्पदम् ॥ ४१ ॥ व्याविध्यत्सुचिरं रामो दर्शयन्नात्मनो बलम् ॥ उत्क्षिप्य राक्षसेन्द्रं तं सर्वलोकस्य पश्यतः ॥४२॥ गव्यूतिमात्रं चिक्षेप ततो देशाद्धलायुधः ॥ गतासू राक्षसश्रेष्ठस्ततो देशान्निराक्रमत् ॥ ४३ ॥ ये केचिद्राक्षसास्तत्र हतशेषा महारणे ॥ बलभद्रात्ततो भीता जग्मुश्चैवं दिशो दश ॥ ४४ ॥ अथांशुमाली भगवान् दिनेशः संहृत्य तेजांसि सहस्ररश्मिः ॥ अस्तं ययौ चक्षुरपि प्रजानामीषत्तमश्चापि समाविवेश ॥ ४५ ॥ तस्मिन्प्रविष्टेऽथ समुद्रतोयं प्रजापतौ विश्वमुखे जगद्गुरौ ॥ नक्षत्रनाथः समुपाजगाम संध्यातमोऽपि व्यनशन्नृपोत्तम ॥ ४६ ॥ प्रभातकाले नृपसत्तमो रणो गोवर्द्धने किन्नरगीतनादिते ॥ इति ब्रुवन्तो नृपसत्तमास्तदा व्युपारमंस्तत्र रणोत्सवे नृप ॥ ४७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने हिडिम्बपराभवो नाम सप्तविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२७ ॥

दसों दिशाओंमें भागने लगे ॥ ४४ ॥ उसी समय अंशुमाली भगवान् सूर्य अपनी किरणराशि समेटकर पश्चिमी समुद्रमें निमग्न हो गये। धीरे-धीरे अन्धकारका साम्राज्य हो जानेपर प्रजाजनोंकी दर्शनशक्ति अवरुद्ध हो गयी ॥ ४५ ॥ जगद्गुरु प्रजापति भगवान् सूर्यके समुद्रमें निमग्न हो जानेपर नक्षत्रपति चन्द्रदेव उदित हो गये, जिससे वह सन्ध्याकालीन अन्धकार लुप्त हो गया ॥ ४६ ॥ इधर युद्धभूमिमें उपस्थित राजाओंने 'कल सबेरे सुमधुर किन्नरगीतसे प्रतिध्वनित गोवर्धन पर्वतपर युद्ध होगा' ऐसा कहकर उस दिनका युद्ध समाप्त कर दिया ॥ ४७ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां सप्तविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२७ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(हंस और भगवान कृष्णका युद्ध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! तदनन्तर रात्रिकाल उपस्थित होनेपर हंस और डिम्भक दोनों एक साथ गोवर्धन पर्वतकी ओर चल पड़े ॥ १ ॥ दूसरे दिन सबेरे जब विमल सूर्यमण्डल उदित हुआ, तब केशिसूदन भगवान् कृष्ण भी गोवर्धन पर्वतपर गये ॥२॥ सात्यकि, बलभद्र और सारण आदि यादव भी गन्धर्वों तथा अप्सराओंसे मुखरित गोवर्धन गिरिपर जा पहुँचे ॥ ३ ॥ ४ ॥ तदनन्तर गोवर्धन पर्वतके एक ओर यमुनाके तटपर पुनः युद्ध आरम्भ हुआ ॥ ५ ॥ सर्वप्रथम वसुदेवने हंस तथा डिम्भकको सात बाण मारे। तत्पश्चात् सारणने पचीस, कङ्कने दस, उग्रसेनने तिहत्तर, विराटने तीस, सात्यकिने सात, विपृथुने अस्सी, उद्धवने दस, प्रद्युम्नने तीस, साम्बने सात और अना-

वैशम्पायन उवाच ॥ उभौ तौ हंसडिम्भकौ रात्रावेव महागिरिम् ॥ जग्मतुः सहितौ राजन् गोवर्द्धनमथो नृप ॥ १ ॥ अथ प्रभाते विमले
सूर्ये चाभ्युदिते सति ॥ गोवर्द्धनं जगामाशु केशवः केशिसूदनः॥ २ ॥ शैनेयो बलभद्रश्च यादवाः सारणादयः ॥ गन्धर्वैरप्सरोभिश्च नादितं बहुधा
गिरिम् ॥ ३ ॥ जग्मतुः सहितौ राजन् गोवर्द्धनमथो गिरिम् ॥ गोधनैरथ सैन्यैश्च नादितं बहुधा गिरिम् ॥ ४ ॥ तस्योत्तरं नृपश्रेष्ठ पार्श्वं संप्राप्य
यादवाः ॥ निकषा यमुनां राजंस्ततो युद्धमवर्त्तत ॥ ५ ॥ विव्याध हंसडिम्भकौ वसुदेवश्च सप्तभिः ॥ सारणः पञ्चविंशत्या दशभिः कङ्क एव च
॥ ६ ॥ हंसेन डिम्भकेनाथ यादवैश्च समन्ततः ॥ उग्रसेनस्त्रिसप्तत्या शराणां नतपर्वणाम् ॥ ७ ॥ विराटस्त्रिंशता राजन्सात्यकिश्चापि सप्तभिः ॥
अशीत्या विपृथू राजन्नुद्धवो दशभिः शरैः ॥८॥ प्रद्युम्नस्त्रिंशता राजन्साम्बश्चापि च सप्तभिः ॥ अनाधृष्टिस्त्वेकषष्ट्या शराणां नतपर्वणाम् ॥ ९ ॥
एवं ते सहिता राजंश्चक्रुर्युद्धमदीनवत् ॥ अत्यद्भुतं महाघोरं यादवाः सर्व एव हि ॥ १० ॥ चक्रुस्ताभ्यां महायुद्धं वासुदेवस्य पश्यतः ॥ सर्वानपि
महाराज यादवान्बलदर्पितान् ॥ ११ ॥ तावुभौ हंसडिम्भकौ नृपांस्तान्प्रत्यविध्यताम् ॥ प्रत्येकं दशभिर्विद्ध्वा बाणैर्निशितकोमलैः ॥ १२ ॥
जघ्नतुश्च शरैस्तीक्ष्णैरत्यर्थं यादवेश्वरान् ॥ व्यथिताः सर्व एवैते वमन्तः शोणितं बहु ॥ १३ ॥ माधवे किंशुका राजन्पुष्पिता इव ते बभुः ॥
भीताश्च यादवा राजन्पलायनपरायणाः ॥ १४ ॥ एतस्मिन्नन्तरे राजन्वसुदेवात्मजौ नृप ॥ वासुदेवो हली युद्धे प्रमुखे धन्विनौ तयोः ॥ १५ ॥
चक्रतुर्युद्धमतुलं स्कन्दशक्राविवाम्बरे ॥ तयोरेव सगन्धर्वाः सिद्धा यक्षा महर्षयः ॥ १६ ॥ विमानस्थाश्च ददृशुर्युद्धं देवासुरोपमम् ॥ ततः प्रादु-

धृष्टिने एकसठ नतपर्व बाणोंसे हंस और डिम्भकपर प्रहार किया ॥ ६–९ ॥ इस प्रकार समस्त यादवोंने एक साथ उत्साहपूर्वक घोरतर युद्धकी अवतारणा की ॥ १० ॥ भगवान कृष्ण खड़े होकर उनका युद्ध देखने लगे। उसी समय हंस और डिम्भकने दस-दस बाणोंसे सभी यादवोंको बींध दिया ॥ ११ ॥ १२ ॥ उस आघातसे व्यथित होकर यादवगण मुखसे रुधिर वमन करने लगे। उनका रक्तलिप्त शरीर पुष्पित किंशुकके समान सुशोभित होने लगा। हे महाराज! ऐसी परिस्थितिमें यादव भयभीत होकर रणभूमिसे भागने लगे ॥१३॥१४॥ यह दशा देखकर भगवान वासुदेव तथा बलभद्र उन दोनोंके सम्मुख जाकर लड़ने लगे। उस समय ऐसा लगा कि मानो स्वामिकार्तिकेय तथा देवराज इन्द्र स्वयं आकर तुमुल युद्ध कर रहे हों। उसी समय देवता, गन्धर्व,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

रभूतां तौ दूतौ भूतेश्वरौ नृप ॥ १७ ॥ शूलिना प्रेषितौ युद्धे रक्षार्थं बलिनोस्तयोः ॥ हंसोऽथ वासुदेवश्च युद्धं चक्रतुरीश्वरौ ॥ १८ ॥ रामश्च
डिम्भकश्चैव संयुक्तौ युद्धकांक्षया ॥ विश्रुताः सर्व एवैते ह्यस्त्रे शस्त्रे तथा बले ॥ १९ ॥ शङ्खान्दध्मुः पृथग्घ्नादं स्वे स्वे सर्वे रथे स्थिताः ॥ अथ
कृष्णो हृषीकेशः पाञ्चजन्यं महारवम् ॥ २० ॥ दध्मौ पद्मपलाशाक्षः सर्वान्विस्मापयन्निव ॥ अथ भूतौ महाघोरौ लम्बोदरशरीरिणौ ॥ २१ ॥
दुद्रुवतुर्महाराज शूलमादाय केशवम् ॥ शूलेन पोथयां राजश्चक्रतुर्यादवेश्वरम् ॥ २२ ॥ ताभ्यां समाहतो विष्णुर्देवगन्धर्वसंनिधौ ॥ ईषत्स्मिताधरो
देवः किञ्चिदुत्प्लुत्य सत्वरम् ॥ २३ ॥ रथाद्रथिवरश्रेष्ठस्तौ प्रगृह्य जनार्दनः ॥ भ्रामयित्वा शतगुणमलातमिव केशवः ॥ २४ ॥ कैलासं च समु-
द्दिश्य प्रचिक्षेप ततो हरिः ॥ तावुपेत्य गिरेः शृङ्गं कैलासस्य महामते ॥ २५ ॥ दृष्ट्वा तत्कर्म देवस्य विस्मयं जग्मतुः परम् ॥ हंसश्च दृष्ट्वा तत्कर्म
रोषताम्रायतेक्षणः ॥ २६ ॥ उवाच वचनं हंसः शृण्वतां त्रिदिवौकसाम् ॥ किमर्थं राजसूयस्य विघ्नं चरसि केशव ॥ २७ ॥ ब्रह्मदत्तो महीपालो
यष्टा तस्य महाक्रतोः ॥ करं दिश यथायोगं यदि प्राणान्हि रक्षसि ॥ २८ ॥ अथवा त्वं क्षणं तिष्ठ ततो ज्ञात्वा करं बहु ॥ ददासि त्वं नन्दपुत्र
ततो यष्टा स मे गुरुः ॥ २९ ॥ ईश्वरोऽहं सदा राज्ञां देवानामिव शूलभृत् ॥ एष ते वीर्यमतुलं नाशयिष्यामि संयुगे ॥ ३० ॥ इत्युक्त्वा
सशरं चापं शालतालोपमं नृपः ॥ आकृष्य च यथाप्राणं नाराचेन च केशवम् ॥ ३१ ॥ ललाटे चिक्षिपे हंसो ललाम इव सोऽभवत् ॥ उवाच

सिद्ध, महर्षिगण विमानोंपर बैठकर देवासुरसंग्रामसदृश भयङ्कर वह महायुद्ध देखने लगे। उसी समय महादेवजीके द्वारा भेजे हुए दो भूतेश्वर हंस और डिम्भककी रक्षा करनेके लिए वहाँ प्रकट हो गये। उस अवसरपर श्रीकृष्ण तथा हंस और बलराम एवं डिम्भकमें भयावह युद्ध होने लगा। वे चारों वीर शस्त्रास्त्र तथा पराक्रममें विश्वविख्यात थे ॥१७–१९॥ अब सभी वीर अपने-अपने रथपर बैठकर अलग-अलग शङ्खध्वनि करने लगे। पद्मदललोचन भगवान कृष्णने सब लोगोंको विस्मित करते हुए अपना पाञ्चजन्य शङ्ख बजाया। तत्पश्चात् दीर्घकाय, लम्बोदर, अति भीषण एवं शङ्करप्रेषित दोनों भूत त्रिशूल लेकर श्रीकृष्णकी ओर लपके। समीप पहुँचकर उन्होंने भगवानके ऊपर त्रिशूलका प्रहार कर दिया ॥२०–२२॥ देवताओं तथा गन्धर्वोंके समक्ष इस प्रकार प्रहार खाकर श्रीकृष्ण रथसे नीचे कूद पड़े और तनिक मुसकाकर उन्होंने उन दोनोंको हाथसे पकड़ लिया और अलातचक्र (लुकारी) की भाँति सौगुने वेगसे घुमाकर कैलास-पर्वतपर फेंक दिया। कैलास पर्वतके शिखरपर गिरकर वे दोनों बहुत विस्मित हुए। इधर वीरवर हंस भगवान कृष्णका पराक्रम देखकर बहुत कुपित हुआ और समस्त देवताओंके समक्ष उसने कहा—'हे केशव! तुम मेरे राजसूय यज्ञमें विघ्न क्यों कर रहे हो? ॥ २३–२७ ॥ महाराज ब्रह्मदत्त अवश्य यज्ञ पूर्ण करेंगे। यदि जीवनकी अभिलाषा हो तो अब भी कर चुका दो ॥ २८ ॥ नहीं तो थोड़ी देर और ठहर जाओ। तब मेरा परिचय पाकर तुम स्वतः विशेष कर चुकाना स्वीकार कर लोगे। तब मेरे पिता यज्ञकार्य सम्पन्न करेंगे ॥ २९ ॥ जिस प्रकार भगवान् शूलपाणि शिव देवताओंके अग्रणी हैं, उसी प्रकार मैं राजाओंका अधीश्वर हूँ। अभी इस युद्धमें मैं तुम्हारा सारा पराक्रम समाप्त किये देता हूँ ॥ ३० ॥ महावीर हंसने ऐसा कहकर तालवृक्षके समान अपना विशाल धनुष पूरी शक्तिसे तानकर श्रीकृष्णपर एक बाण चलाया। वह बाण उनके ललाटमें जाकर लगा और भूषणस्वरूप हो गया। तब

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रीकृष्णने सात्यकिसे कहा—हे प्रभो! तुम मेरा रथ हाँको। ऐसा कहकर उन्होंने दारुकको रथके पीछे बिठा लिया। भगवानके आज्ञानुसार सात्यकि रथ हाँकने लगे ॥ ३१–३३ ॥ सात्यकिने रथ हाँकते हुए अनेक प्रकारके पैतरे दिखाये। भगवान् उसके प्रहारसे व्यथित हुए तो आग्नेयास्त्र संयोजित करके हंससे बोले—"ओ शठ! अब अधिक युद्धकी आवश्यकता नहीं है, इसी अस्त्रसे मैं तुम्हें भस्म किये देता हूँ। तुम क्षत्रिय हो, यदि तुम्हारेमें सामर्थ्य हो तो मेरे अस्त्रका निवारण करो ॥ ३४–३६ ॥ यदि मुझसे कर प्राप्त करना चाहते हो तो पराक्रम दिखाओ। पुष्करनिवासी यतियोंको तुमने बहुत दुःख दिया है ॥ ३७ ॥ हे नराधम! मेरे जीवित रहते तुम क्षत्रियोंका विनाश करके ब्राह्मणोंपर शासन करोगे? ॥ ३८ ॥ मैं ब्रह्मविद्वेषी और दुरात्माओंका शासक हूँ। ओ पापी! तुम तो पुष्करनिवासी मुनियोंके शापसे ही मर चुके हो। सो आज मैं तुम्हें यमराजको अर्पण करके केवल ब्राह्मणोंकी रक्षा भर

सात्यकिं कृष्णो रथं वाहय मे प्रभो ॥ ३२ ॥ दारुकं पृष्ठवाहं तं कृत्वा देशं तमीश्वरः ॥ अथ तेन समादिष्टः सात्यकिर्वाहयन्रथम् ॥ ३३ ॥ मण्डलानि बहून्याजौ दर्शयामास सत्वरम् ॥ अथ विद्धो दृढं तेन शरेण हरिरीश्वरः ॥ ३४ ॥ आग्नेयमस्त्रं संयोज्य शरं कस्मिंश्चिदव्ययः ॥ उवाच हंसं राजेन्द्र सात्यकिं प्रेरयन्रणे ॥ ३५ ॥ अनेन त्वां दहाम्यद्य यदि शक्तोऽसि वारय ॥ अलं ते ब्रह्मबद्धेन क्षत्रियोऽसि सदा शठ ॥ ३६ ॥ मत्तश्चेत्करमिच्छेस्त्वं दर्शयाद्य पराक्रमम् ॥ यतयो बाधिता हंस पुष्करे संस्थितास्त्वया ॥ ३७ ॥ शास्ता त्वं खलु विप्राणां स्थिते मयि नराधम ॥ स्थिते मयि जगन्नाथे हत्वा क्षत्रियकण्टकान् ॥३८॥ शास्ताऽस्म्यथोऽसतां लोके दुष्टानां ब्रह्मविद्विषाम् ॥ शापेन यतिमुख्यानां हत एव नृपाधम ॥ ३९ ॥ मृत्यवे त्वां निवेद्याद्य रक्षिता ब्राह्मणानहम् ॥ इति ब्रुवंस्तदस्त्रं तु मुमोच युधि केशवः ॥ ४० ॥ तदस्त्रं वारुणेनाथ हंसोऽपि प्रत्यषेधयत् ॥ वायव्यमथ गोविन्दो मुमोच युधि हंसके ॥४१॥ तदस्त्रं वारयामास माहेन्द्रेण नृपोत्तमः ॥ अथ माहेश्वरं कृष्णो मुमोचात्युग्रमाहवे ॥४२॥ रौद्रेण तत्ततो हंसो वारयामास तत्क्षणात् ॥ गन्धर्वं राक्षसं चैव पैशाचमथ केशवः ॥ ४३ ॥ ब्रह्मास्त्रमथ कौबेरमासुरं याम्यमेव च ॥ चत्वार्येतानि हंसस्तु मुमोच युधि सत्वरम् ॥ ४४ ॥ वारणार्थं तदस्त्राणां चतुर्णां माधवस्य ह ॥ अथ ब्रह्मशिरो नाम घोरमस्त्रं विनाशकम् ॥ ४५ ॥ मुमोच हंसमुद्दिश्य देवदेवो जनार्दनः ॥ अस्त्रं वैष्णवमादाय शरे सन्निहिते हरिः ॥ ४६ ॥ योजयामास तद्धंसे महाघोरपराक्रमम् ॥ अथ भीतो

करूँगा।" ऐसा कहकर भगवानने वह अस्त्र चला दिया ॥ ३९ ॥ ४० ॥ किन्तु हंसने वारुण अस्त्र प्रयोग करके उसका निवारण कर दिया। तब भगवान कृष्णने उसपर वायव्य अस्त्र चलाया ॥ ४१ ॥ किन्तु हंसने माहेन्द्रास्त्रका प्रयोग करके उस अस्त्रको भी व्यथ कर दिया। तदनन्तर भगवानने उसपर अतिशय उग्र माहेश्वरास्त्रका प्रयोग किया ॥ ४२ ॥ तत्काल हंसने रौद्रास्त्र चलाकर उसे भी विफल कर दिया। इसके बाद भगवानने हंसपर गान्धर्व, पैशाच, राक्षस, आसुर, कौबेर, याम्य तथा ब्रह्मास्त्र प्रभृति अनेक अस्त्रोंका प्रयोग किया। किन्तु वीर हंसने उन सबको व्यर्थ करके स्वयं अपने शस्त्रास्त्रोंका प्रयोग आरम्भ किया। तब अत्यन्त कुपित होकर कृष्णने सभी शस्त्रास्त्रोंका निवारण करनेमें समर्थ ब्रह्मशिर नामका अस्त्र

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

छोड़ा। किन्तु हंसने अपने ब्रह्मशिर अस्त्रसे उसे भी विफल कर दिया। तब भूतात्मा भूतभावन देवदेव भगवान कृष्णने यमुनाजीके जलका आचमनका करके हंसका विनाश करनेके लिए, पूर्वकालमें जिस अस्त्रके द्वारा देवताओंने असुरोंको मारकर राज्य प्राप्त किया था, उस वैष्णवास्त्रका अपने धनुषपर संधान किया ॥ ४३–५० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायामष्टाविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२८ ॥

(हंसवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! उस भयानक अस्त्रको देखकर नृपोत्तम राजा हंस अत्यन्त भयभीत होकर एकदम निश्चेष्ट हो गया ॥ १ ॥ उसके बाद वह रथसे कूदकर उस ओर भागा, जहाँ बाल्यकालमें भगवान कृष्णने कालिया नागका मदमर्दन किया था ॥ २ ॥ वह कालियदह बड़ा भीषण था। उसकी गहराई पातालतक चली गयी थी और

अथ भीतो महारौद्रमस्त्रं दृष्ट्वा नृपोत्तमः ॥ ४७ ॥ हंसोऽपि तेन राजेन्द्र वारयामास तं शरम् ॥ यमुनाप उपस्पृश्य देवदेवो जनार्दनः ॥ ४८ ॥ अस्त्रं वैष्णवमादाय शरे स निशिते हरिः ॥ योजयामास भूतात्मा भूतभावनभावनः ॥ ४९ ॥ येन देवा रणे हत्वा राज्यमापुः पुरा सुरान् ॥ तदस्त्रं योजयामास वधार्थं तस्य भूपतेः ॥ ५० ॥ इति हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसकेशवयुद्धे अष्टाविंशत्युत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२८ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ अथ भीतो महारौद्रमस्त्रं दृष्ट्वा नृपोत्तमः ॥ हंसो राजा महाराज निश्चेष्ट इव सम्बभौ ॥ १ ॥ उत्प्लुत्य स रथात्तस्मा-द्यमुनामभ्यधावत ॥ यत्र कृष्णो हृषीकेशः कालियाहिं ममर्द ह ॥ २ ॥ महाह्रदं महारौद्रं यावत्पातालसंस्थितम् ॥ तावद्दीर्घं महानीलं कालाञ्जन-निभं हि यत् ॥ ३ ॥ तस्मिन्ह्रदे महाघोरे पपाताथ स हंसकः ॥ हंसे पतति तस्मिंस्तु महान्रावो बभूव ह ॥ ४ ॥ गिरीणां पात्यमानानां समुद्र इव वज्रिणा ॥ रथादुत्प्लुत्य कृष्णोऽपि तस्योपरि पपात ह ॥ ५ ॥ देवदेवो जगन्नाथो जगद्विस्मापयन्निव ॥ प्राहरत्तं महाबाहुः पादाभ्यामथ केशवः ॥ ६ ॥ पादक्षेपं नृपस्तस्माल्लब्ध्वा हंसो नृपोत्तम ॥ ममार च नृपश्रेष्ठः केचिदेवं वदन्ति हि ॥ ७ ॥ अन्ये पातालमायातो भक्षितः पन्न-गैरिति ॥ अद्यापि नैव राजेन्द्र दृष्ट इत्यनुशुश्रुम ॥ ८ ॥ यथापूर्वं जगन्नाथो रथं समुपजग्मिवान् ॥ हते तस्मिन्महाराज धर्मपुत्रो युधिष्ठिरः ॥ ९ ॥ अकरोद्राजसूयं च तव पूर्वपितामहः ॥ यदि जीवेदसौ हंसः को नमस्यति तं क्रतुम् ॥ १० ॥ स च सर्वास्त्रविन्नित्यं रुद्राल्लब्धवरः

उसका जल अञ्जनसदृश नीलवर्ण था ॥ ३ ॥ महावीर हंस उसी दहमें कूद पड़ा। पूर्वकालमें इन्द्रसे भयभीत पर्वतोंके समुद्रमें कूदनेपर जैसा शब्द हुआ था, वैसा ही घनघोर शब्द इस समय हंसके उस दहमें कूदनेपर भी हुआ। भगवान कृष्ण रथसे उतरकर उसके पीछे-पीछे दौड़ते हुए गये और कालियदहमें हंसके ऊपर कूद पड़े ॥४॥५॥ देवदेव जगन्नाथ कृष्णका यह साहस देखकर सब लोग चकित हो गये। इधर दहमें पहुँचकर भगवान कृष्ण हंसको बड़े जोरोंसे लातों द्वारा मारने लगे ॥ ६ ॥ ऐसा कुछ लोगोंका कथन है कि भगवान कृष्णके चरणप्रहारसे ही हंस मर गया ॥ ७ ॥ लेकिन कुछ लोग कहते हैं कि हंस कालियदहसे सीधे पाताललोकमें चला गया और वहाँके सर्पोंने उसे खा लिया। हे महाराज! यह घटना मैंने आँखोंसे नहीं देखी, बल्कि कानोंसे सुनी है ॥ ८ ॥ जो भी हो, हंस मर गया और जगत्पति भगवान कृष्ण फिर अपने रथपर लौट आये। हे महाराज जनमेजय! हंसके मर जानेपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आपके बड़े पितामह महाराज युधिष्ठिरने राजसूय यज्ञका अनुष्ठान किया। यदि हंस जीवित रहता तो भला उस यज्ञको कौन कर पाता? ॥ ९ ॥ १० ॥ क्योंकि एक तो हंस सभी शस्त्रास्त्रोंमें पूर्ण निपुण था और उसपर भी उसे शंकरजीसे वर प्राप्त था। जो भी हो, क्षणभरमें उसके मरणका समाचार समस्त भूमण्डलमें प्रसारित हो गया ॥ ११ ॥ "रिपुमर्दनकारी कृष्णने यमुनादहमें हंसको मार डाला" यह गाथा गन्धर्वगण देवसभामें अहर्निशि गाने लगे ॥ १२ ॥ १३ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'-भाषाटीकायामूनत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२९ ॥

(डिम्भकवध) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! बलवान् डिम्भकने जब अपने भ्राताके मरणका समाचार सुना तो बलभद्रके साथ होता हुआ युद्ध त्यागकर यमुनाकी ओर

प्रभो ॥ क्षणादेव महाराज वार्त्तेयं गामगाहत ॥११॥ हतो हंसो हतो हंसः कृष्णेन रिपुमर्दिना ॥ जगुर्गन्धर्वपतयो देवलोके दिवानिशम् ॥ १२ ॥ कृष्णेन लोकनाथेन विष्णुना प्रभविष्णुना ॥ यमुनाया ह्रदे घोरे हंसो निहत इत्यपि ॥ १३ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकोपाख्याने हंसवधो नाम एकोनत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १२९ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ श्रुत्वा निहतमत्युग्रं भ्रातरं वीर्यशालिनम् ॥ बलदेवं परित्यज्य युध्यमानं महारणे ॥ १ ॥ डिम्भको वीर्यसंपन्नो यमुनामनुजग्मिवान् ॥ तमन्वधावद्वेगेन बलभद्रो हलायुधः ॥ २ ॥ हंसो हि यत्र पतितस्तत्रासौ निपपात ह ॥ यमुनायां महाराज विलोड्य जलसंचयम् ॥ ३ ॥ अथ क्रुद्धः स डिम्भको भ्रामयित्वा जलं बहु ॥ उन्मज्ज्योन्मज्ज्य सहसा निमज्ज्य च पुनः पुनः ॥ ४ ॥ न ददर्श तदा राजन्भ्रातरं वीर्यशालिनम् ॥ उन्मज्ज्याथ महाबाहुर्वासुदेवं विलोक्य च ॥ ५ ॥ उवाच वचनं राजन्डिम्भको वीर्यवत्तमः ॥ अरे गोपकदायाद क्वासौ हंस इति स्थितः ॥ ६ ॥ वासुदेवोऽपि धर्मात्मा यमुनां पृच्छ राजक ॥ इत्यब्रवीत्प्रसन्नात्मा वासुदेवः प्रतापवान् ॥ ७ ॥ तच्छ्रुत्वा यमुनां भूयः प्रविश्य डिम्भकः किल ॥ बहुप्रकारमुद्वीक्ष्य भ्रातरं भ्रातृवत्सलः ॥ ८ ॥ विललाप ततो राजा डिम्भको भ्रान्तमानसः ॥ क्व नु गच्छसि राजेन्द्र विहायैनमबान्धवम् ॥ ९ ॥ कुतो भ्रातरितो गच्छेः परित्यज्यैव मामिह ॥ विलप्यैवं नृपश्रेष्ठ डिम्भको भ्रातृवत्सलः ॥ १० ॥ आत्मत्यागे

दौड़ा। हलायुध बलराम भी उसके पीछे-पीछे भागे ॥ १ ॥ २ ॥ दौड़ते-दौड़ते डिम्भक उस कालियदहमें कूद पड़ा, जहाँ हंस कूदकर मरा था। पूर्ण क्रुद्धभावसे जलमें गिर तथा बार बार डूब-उतराकर उसने यमुनाके जलमें हलचल मचा दी ॥ ३ ॥ ४ ॥ किन्तु बहुत उद्योग करके भी उसने अपने भ्राताका दर्शन नहीं पाया। इसके बाद जलके बाहर निकलकर उसने भगवान कृष्णको देखकर कहा—अरे गोपबालक! बता कि मेरा भ्राता हंस कहाँ है? ॥ ५ ॥ ६ ॥ धर्मात्मा वासुदेवने बड़ी प्रसन्नताके साथ हंसकर कहा—नृपवर! यह बात तुम यमुनाजीसे पूछो ॥ ७ ॥ यह सुनकर भ्रातृवत्सल डिम्भकने फिरसे यमुनामें गोता लगाकर अनेक तरहसे हंसकी खोज की, किन्तु कुछ भी पता नहीं चला ॥ ८ ॥ तब नितान्त कातर होकर वह विलाप करता हुआ कहने लगा—"हे राजेन्द्र हंस! हे भ्रातः! मुझे असहाय छोड़कर तुम कहाँ चले गये?" हे महाराज! यह कहनेके बाद

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वह यमुनाजलमें डूबकर आत्मघात करनेके विचारसे फिर कूद पड़ा और बार बार डूबने-उतराने लगा ॥ ९–११ ॥ तदनन्तर बारम्बार विलाप करके उस साहसी वीरने अपने हाथसे पकड़कर जड़ समेत अपनी जीभ बाहर खींच ली और उसी वेदनासे प्राण त्याग दिया। हे महाराज! इस प्रकार आत्महत्या करके नराधम डिम्भक नरकगामी हुआ। हंस और डिम्भक दोनोंके इस प्रकार मर जानेपर प्रतापशाली भगवान कृष्ण बहुत प्रसन्न हुए और वहाँके सब लोग आश्चर्यमें पड़ गये ॥ १२–१४ ॥ तदनन्तर कुछ देर भ्राता बलदेवके साथ पूर्वसेवित गोवर्धन पर्वतपर भगवान कृष्णने विश्राम किया ॥ १५ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां त्रिंशोपरि शततमोऽध्यायः ॥ १३० ॥

(यशोदा-नन्द तथा श्रीकृष्ण-बलरामका मिलाप) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! भगवान कृष्ण अपने ज्येष्ठ भ्राता बलरामके साथ गोवर्धनपर टिके हुए हैं, यह सुनकर गोपेश्वर

मनः कुर्वन् यमुनाया महाह्रदे ॥ निमज्ज्योन्मज्ज्य सहसा मरणे कृतनिश्चयः ॥ ११ ॥ हस्तेन जिह्वामाकृष्य भूयो भूयो विलप्य च ॥ ततः समूलामाकृष्य जिह्वां साहसकृत्स्वयम् ॥ १२ ॥ ममारान्तर्जले राजन् डिम्भको नरकाय वै ॥ एवं तु निहते हंसे डिम्भके वीर्यशालिनि ॥ १३ ॥ आगमत्पुण्डरीकाक्षो भूतान्विस्मापयन्निव ॥ ततः प्रीतः प्रसन्नात्मा वासुदेवः प्रतापवान् ॥ १४ ॥ गोवर्धनेऽथ विश्रम्य बलभद्रसहायवान् ॥ कंचित्कालं महाराज पूर्वभुक्तमुवास ह ॥१५॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि हंसडिम्भकवधो नाम त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥१३०॥

वैशम्पायन उवाच ॥ यशोदा नन्दगोपश्च कृष्णदर्शनलालसौ ॥ गोवर्द्धनगतं श्रुत्वा वासुदेवं सहाग्रजम् ॥ १ ॥ नवनीतं च दधि च पायसं कृसरं तथा ॥ वन्यं पुष्पं महाराज मयूराङ्गदमेव च ॥ २ ॥ बल्लवैरपरैः सार्द्धं गोपीभिश्च समन्ततः ॥ जग्मतुः सहसा प्रीतो गोवर्द्धनमथो नृप ॥ ३ ॥ कच्चिद्वृक्षे समासक्तं कृष्णं कृष्णमृगेक्षणम् ॥ ददर्शतुर्महाबाहुं वासुदेवं सहाग्रजम् ॥ ४ ॥ प्रणेमतुः सुसंहृष्टौ तत्र दृष्ट्वा महाबलौ ॥ दर्शयामासतुर्देवौ पायसानि महान्ति च ॥५॥ तात मातर्व्रजे गोष्ठे कुशलं वा स्वगोधनम् ॥ अपि गावः क्षीरवत्यो वत्सा वत्सतराः पितः ॥६॥ अपि वा सुशुभं क्षीरमपि गावः सुशोभनाः ॥ अपि वा दारका मातर्वत्सपालाः पिबन्ति च ॥७॥ बहूनि चापि दामानि कीलका अपि वा बहु ॥ तृणानि बहुरूपाणि किं वा सन्ति पितः सदा ॥८॥ शकटानि सुगन्धीनि किं वा सन्ति पितर्ध्रुवम् ॥ अपि गोप्यः पुत्रवत्यो दारकान्किमजीजनन् ॥ ९ ॥

नन्द और यशोदा दोनों उनसे मिलनेके लिए नवनीत, दही, खीर, खिचड़ी और मोरपंखके बने आभूषण उपहारके लिए लेकर गोवर्धन चल पड़े। अन्यान्य गोपी-गोपगण भी उनके साथ हो लिये ॥ १–३ ॥ वहाँ पहुँचकर उन्होंने ज्येष्ठ भ्राता बलरामके साथ मृगनयन भगवान कृष्णको विराजमान देखा। उन महाबलियोंको देखकर वे बहुत प्रसन्न हुए और सबने इन दोनों भ्राताओंको प्रणाम किया और जो खीर प्रभृति ले आये थे, वह सब उनके आगे रख दिया ॥ ४ ॥ ५ ॥ भगवान कृष्णने गोपेश्वर नन्द तथा यशोदाको देखा तो अतिशय गद्गद होकर कहा—तात! माता! व्रजमें हमारा गोधन तो सकुशल है? गौवें पहले ही के परिमाणमें दूध देती हैं? बछड़े तो अब बड़े हो गये होंगे ॥ ६ ॥ गायें वैसा ही उत्तम दुग्ध प्रदान करती हैं? गौवें पहले ही जैसी देखनेमें सुन्दर दीखती हैं? माताजी! व्रजके ग्वालबाल तथा वत्सपालगण दुग्धपान करते हैं? ॥ ७ ॥ रस्सियाँ, कील और तरह-तरहकी घासें ये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सब वस्तुयें ज्योंकी त्यों हैं न ? ॥ ८ ॥ पित’जी ! सुगन्धिशकटोंकी संख्या तो वैसी ही है ? पुत्रवती गोपियोंने कौन-कौनसी और कितनी सन्तानें उत्पन्न कीं ? ॥ ९ ॥ व्रजवालोंके घड़े टूटे-फूटे तो नहीं हैं ? गौवें प्रतिदिन उसी प्रकार प्रचुर मात्रामें दूध देती हैं ? ॥ १० ॥ घी, दूध, दही आदि वस्तुयें उत्तमरूपसे उत्पन्न होती हैं ? वहाँका समस्त गोधन नीरोग रहता है न ? ॥ ११ ॥ श्रीकृष्णके मधुर वचन सुनकर गोपेश्वर नन्द बोले—हे यदुश्रेष्ठ ! आपने जिन-जिनका कुशल पूछा है, वे सब सानन्द हैं। सब गोधन नीरोग है। हे केशव ! गौवें भी सदा सकुशल रहती हैं ॥ १२ ॥ हे देव ! आपके संरक्षणमें रहनेके कारण गोधन तथा अपने बाल-बच्चोंके साथ हम सदा नीरोग और सकुशल रहते हैं। हमें सर्वदा यही दुःख रहता है कि हम आपको देख नहीं पाते। एकमात्र इसी दुःखसे हमारी बुद्धि क्षीण होती जा रही है ॥ १३ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! जब गोपेश्वर नन्दने इस प्रकार

घटाः किं बहवो मातरभिन्नाः सर्वतो व्रजे ॥ किं गावः क्षीरमतुलं स्रवन्त्यहरहः पितः ॥ १० ॥ हैयङ्गवीनं क्षीराणि दधि वा किमजीजनन् ॥
गोधनं सर्वमेवेदं नीरोगं प्रतिपद्यते ॥ ११ ॥ नन्द उवाच ॥ सर्वमेतद्यदुश्रेष्ठ नीरोगं बहुशः प्रभो ॥ कुशलं गोधनस्यैव सर्वकालेषु केशव ॥ १२ ॥
रक्षणात्तव देवेश सदा कुशलिनो वयम् ॥ सगोधनाः सवत्साश्च नीरोगा इव केशव ॥ १३ ॥ एकमेव सदा दुःखं न त्वां द्रक्ष्यामि केशव ॥ यदेत-
त्केवलं दुःखमिति धीः शीर्यते सदा ॥ १४ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ एवमादि विलप्यन्तं गच्छेत्याह स केशवः ॥ यशोदां पुनराहेदं मातर्गच्छ गृहं
प्रति ॥ १५ ॥ ये च त्वां कीर्तयिष्यन्ति ते च स्वर्गमवाप्नुयुः ॥ ये केचित्त्वां नमस्यन्ति ते मे प्रियतराः सदा ॥१६॥ भद्भक्ताः सर्वदा सन्तु गच्छे-
त्याह च तां हरिः ॥ इत्युक्त्वा पितरौ देवो वासुदेवः सनातनः ॥१७॥ गाढमालिंग्य तौ प्रीतौ प्रेषयामास केशवः ॥ यशोदा नन्दगोपश्च जग्मतुः
स्वगृहं प्रति ॥ १८ ॥ ततः कृष्णो हृषीकेशो यादवैः सह वृष्णिभिः ॥ गन्तुमैच्छत्तदा विष्णुः पुरीं द्वारवतीं किल ॥ १९ ॥ य एतच्छृणुया-
न्नित्यं पठेद्वापि समाहितः ॥ पुत्रवान् धनवांश्चैव अन्ते मोक्षं च गच्छति ॥२०॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि यशोदानन्दगोप-
बलभद्रकृष्णसमागमो नाम एकत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३१ ॥

विलाप आरम्भ किया, तब भगवान कृष्णने उन्हें तथा माता यशोदाको सम्बोधित करके कहा—“हे तात ! हे माताजी ! अब आप लोग घर जाइए। संसारमें जो लोग आप लोगोंका नामसंकीर्तन अथवा नमस्कार करेंगे, उन्हें स्वर्ग प्राप्त होगा और वे हमको बहुत प्रिय होंगे ॥ १४–१६ ॥ वे प्राण सदा मेरे भक्त होंगे।” सनातन परम पुरुष कृष्णने ऐसा कहकर माता-पिताका गाढ़ आलिंगन करके उन्हें विदा किया। तब नन्दगोप और यशोदा घर लौट गये ॥ १७ ॥ १८ ॥ तदनन्तर भगवान हृषीकेशने यादवों तथा वृष्णियोंके साथ द्वारकापुरी जानेकी इच्छा की ॥ १९ ॥ जो प्राणी इस कथानकको सुनता या इसका स्वाध्याय करता है, वह प्राणी संसारमें पुत्रवान् होकर जीवन यापन करता और अन्तमें मोक्षपद प्राप्त कर लेता है ॥ २० ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत ‘नारायणी’ भाषाटीकायामेकत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३१ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(भगवान कृष्णका द्वारका प्रत्यावर्तन) वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! महाविष्णु भगवान कृष्ण यादवोंके साथ द्वारका जानेके विचारसे चले और पुष्कर तीर्थ जा पहुँचे। हे राजन् ! वहाँ उन्होंने मुख्य-मुख्य मुनियोंसे भेंट की ॥ १ ॥ भगवानको उपस्थित देखकर उन वीतराग मुनियोंने अर्घ्य-पाद्य आदि उपकरणोंसे उनकी पूजा की ॥ २ ॥ भूत-भविष्य-वर्तमानके प्रभु और समस्त विश्वके अधीश्वर कृष्णकी अभ्यर्थना करनेके बाद उन मुनियोंने कहा—'हे जनार्दन ! हे विष्णो ! आपका पराक्रम अत्यन्त आश्चर्यजनक है ॥ ३ ॥ जिस दुर्द्धर्ष विचक्रको देवता भी परास्त नहीं कर सके थे, उस विचक्र, हंस और डिम्भकको रणभूमिमें मारकर आपने असाध्य कार्यका साधन किया है। अब हम लोग निर्विघ्न तपस्या कर रहे हैं और सब तरहसे हमारा कल्याण हो रहा है ॥ ४ ॥ ५ ॥ हे हरे ! आपके स्मरणमात्रसे हम लोग निष्पाप हो जायँगे। जो आपका ध्यान करते हैं, उन्हें कभी कोई दुःख नहीं होता-

वैशम्पायन उवाच ॥ गच्छन्नथ महाविष्णुः पुष्करं प्राप्य यादवैः ॥ अपश्यन्मुनिमुख्यांस्तु पुष्करस्थान्नृपोत्तम ॥ १ ॥ ते समेत्य महादेवमृषयो वीतमत्सराः ॥ अर्घ्यादिसमुदाचारं कृत्वैनं यादवोत्तमम् ॥ २ ॥ प्रोचुर्विश्वेश्वरं विष्णुं भूतभव्यभवत्प्रभुम् ॥ अत्यद्भुतमिदं विष्णो तव वीर्यं जनार्दन ॥ ३ ॥ येन तौ निहतौ युद्धे हंसो डिम्भक एव च ॥ यो विचक्रो दुराधर्षो देवैरपि सुदुःसहः ॥ ४ ॥ संगरे निहतो देव दुःसाध्य इति नो मतिः ॥ क्षेमो नः सर्वकार्येषु चरतां तप उत्तमम् ॥ ५ ॥ निष्कल्मषा भविष्यामस्तव संस्मरणाद्धरे ॥ त्वं हि सर्वस्य दुःखस्य हर्ता त्वां ध्यायतां सदा ॥ ६ ॥ त्वदनुस्मरणं जन्तोः सदा पुण्यप्रदं प्रभो ॥ त्वं हि नः सततं धाता विधाता तपसो हरे ॥ ७ ॥ त्वमोंकारो वषट्कारस्त्वं यज्ञस्त्वं पितामहः ॥ त्वं ज्योतिर्ब्रह्मणो मूर्तिस्त्वं ब्रह्मा रुद्र एव च ॥ ८ ॥ प्राणस्त्वं सर्वभूतानामन्तरात्मेति कथ्यते ॥ उपास्यः सर्वभूतानां यज्ञैर्दानै-र्जगत्पते ॥ ९ ॥ नमो विश्वसृजे देव नमस्ते विश्वमूर्तये ॥ पाहि लोकमिमं देव हत्वा ब्रह्मद्विषः सदा ॥ १० ॥ स तथेति हरिर्विष्णुर्ययौ द्वारवतीं पुरीम् ॥ अवसद्वृष्णिभिः सार्द्धं स्तूयमानः स मागधैः ॥ ११ ॥ इयं च देवदेवस्य चेष्टा हि जनमेजय ॥ प्रोक्ता ते पृच्छते राजन् किमन्यच्छ्रोतु-मिच्छसि ॥ १२ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि द्वारकायां कृष्णप्रत्यागमनं नाम द्वात्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३२ ॥

॥ ६ ॥ हे प्रभो ! आपका संस्मरण जीवमात्रके लिए पुण्यप्रद है। आप मेरे तपःसाधनके मूल कारण हैं ॥ ७ ॥ आप ओंकार, वषट्कार, यज्ञ, पितामह, ज्योति, ब्रह्ममूर्ति, ब्रह्मा और रुद्र हैं ॥ ८ ॥ आप समस्त प्राणियोंके प्राण और अन्तरात्मा हैं। हे जगत्पते ! यज्ञ और दानके द्वारा सब लोग आपकी उपासना करते हैं ॥ ९ ॥ हे विश्वस्रष्टा ! हे विश्वमूर्ति ! आपको नमस्कार है। हे देव ! आप ब्रह्मद्वेषियोंको मारकर तीनों लोकोंकी रक्षा करिए ॥ १० ॥ 'तथास्तु' कहकर भगवान वहाँसे द्वारका जा पहुँचे और वन्दीजनों द्वारा स्तूयमान होते हुए वृष्णियोंके साथ आनन्दपूर्वक रहने लगे ॥ ११ ॥ हे महाराज जनमेजय ! आपने देवादिदेव विष्णुभगवानके विषयमें जिज्ञासा की थी, सो मैंने कह सुनाया। अब आप क्या सुनना चाहते हैं, वह बताइए ॥ १२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि 'नारायणी' भाषाटीकायां द्वात्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३२ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(हरिवंशश्रवणफल) इतनी कथा सुनकर जनमेजय बोले—हे भगवन् ! किस विधिसे महाभारतका श्रवण करना चाहिए । इसको सुननेसे क्या फल होता है ? महाभारत पारायणके अवसरपर किस देवताकी पूजा होती है ? ॥ १ ॥ पर्वसमाप्तिपर क्या दान देना चाहिए ? वाचक कैसा होना चाहिए ? उसकी पूजा कैसे करे ? इस विषयका आप विशदरूपसे वर्णन करिए ॥ २ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! अब मैं महाभारत-पारायणकी विधि और इसका श्रवण करनेपर जो फल प्राप्त होता है, वह बता रहा हूँ । आप एकाग्र मनसे सुनिए ॥ ३ ॥ हे महाराज ! स्वर्गीय देवगण क्रीड़ा करनेके लिए भूमण्डलपर अवतीर्ण हुए और यह कार्य करके फिर स्वर्ग चल गये ॥ ४ ॥ अब मैं इस पृथिवीतलपर ऋषियों और देवताओंके अवतरणका वृत्तान्त बता रहा हूँ, सुनिए—॥५॥ यहाँ रुद्रगण, सिद्ध, साध्य, विश्वेदेव, आदित्य, अश्विनीकुमार, लोकपाल, परमर्षिगण, यक्ष, गन्धर्व, नाग, विद्याधर, सिद्ध, धर्म, स्वयम्भू,

जनमेजय उवाच ॥ भगवन्केन विधिना श्रोतव्यं भारतं बुधैः ॥ फलं किं के च देवाश्च पूज्या वै पारणेष्विह ॥ १ ॥ देयं समाप्ते भगवन्कि
च पर्वणि पर्वणि ॥ वाचकः कीदृशश्चात्र यष्टव्यस्तद्ब्रवीहि मे ॥ २ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु राजन्विधिमिमं फलं यच्छति भारतात् ॥ श्रुता-
द्भवति राजेन्द्र यत्त्वं मामनुपृच्छसि ॥ ३ ॥ दिवि देवा महिपाल क्रीडार्थमवनिं गताः ॥ कृत्वा कार्यमिदं चैव ततश्च दिवमागताः ॥ ४ ॥ हन्त
यत्ते प्रवक्ष्यामि तच्छृणुष्व समाहितः ॥ ऋषीणां देवतानां च संभवं वसुधातले ॥ ५ ॥ अत्र रुद्रास्तथा साध्या विश्वेदेवाश्च शाश्वताः ॥ आदि-
त्याश्चाश्विनौ देवो लोकपाला महर्षयः ॥ ६ ॥ गुह्यकाश्च सगन्धर्वा नागा विद्याधरास्तथा ॥ सिद्धा धर्मः स्वभूश्च मुनिः कात्यायनो वरः ॥ ७ ॥
गिरयः सागरा नद्यस्तथैवाप्सरसां गणाः ॥ ग्रहाः संवत्सराश्चैव अयनान्यृतवस्तथा ॥ ८ ॥ स्थावरं जङ्गमं चैव जगत्सर्वं सुरासुरम् ॥ भारते भरत-
श्रेष्ठ एकस्थमिह दृश्यते ॥ ९ ॥ तेषां श्रुतप्रतिष्ठानं नामकर्मानुकीर्तनात् ॥ कृत्वाऽपि पातकं घोरं सद्यो मुच्येत मानवः ॥ १० ॥ इतिहासमिमं
श्रुत्वा यथावदनुपूर्वशः ॥ संयतात्मा शुचिर्भूत्वा पारं गत्वा च भारते ॥ ११ ॥ तेषां शृणु त्वं देयानि श्रुत्वा भारत भारतम् ॥ ब्राह्मणेभ्यो यथा-
शक्त्या भक्त्या च भरतर्षभ ॥ १२ ॥ महादानानि देयानि रत्नानि विविधानि च ॥ गावः कांस्योपदोहाश्च कन्याश्चैव स्वलंकृताः ॥ १३ ॥ सर्व-
कामगुणोपेता यानानि विविधानि च ॥ भाजनानि विचित्राणि भूमिर्वासांसि काञ्चनम् ॥ १४ ॥ वाहनानि च देयानि हया मत्ताश्च वारणाः ॥

मुनिवर कात्यायन, पर्वतगण, समुद्रगण, नदियाँ, अप्सरायें, ग्रह, संवत्सर, अयन, ऋतुयें, स्थावर, जङ्गम, सुर-असुरमय समस्त जगत् तथा आप जो भी अन्वेषण करना चाहेंगे, वह सब आपको इस महाभारतमें उपलब्ध हो जायगा ॥६–९॥ उपर्युक्त महानुभावोंके स्थान, नाम तथा कर्मका संकीर्तन करनेपर तत्काल घोरतर पातकसे भी छुटकारा मिल जाता है ॥१०॥ संयत तथा शुद्ध चित्तसे आद्योपान्त महाभारत इतिहासका श्रवण करनेवाले प्राणीका उद्धार हो जाता है ॥ ११ ॥ हे महाराज ! अब मैं आपको यह बता रहा हूँ कि भारत-श्रवणके बाद क्या दान देना चाहिए । हे राजन् ! महाभारत श्रवण करते समय पूर्ण भक्तिके साथ अपनी सामर्थ्यके अनुसार दान देना आवश्यक रहता है ॥ १२ ॥ उसके अतिरिक्त अपनी शक्तिके अनुसार भक्तिपूर्वक ब्राह्मणोंको विविध रत्न, पयस्विनी गौ, अलंकृत कन्या, हाथी-घोड़े आदि विविध वाहन, शय्या, पालकी, विचित्र पात्र, भूमि, वस्त्र, सुवर्ण, रथ एवं घरमें जो

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भी अच्छी वस्तु हो वह, उत्कृष्ट रत्न, पुत्र तथा अपने आप तकको दान कर दे ॥ १३–१६ ॥ श्रद्धापूर्वक इन वस्तुओंका दान देनेसे दाताकी समस्त अभिलाषायें पूर्ण हो जाती हैं। वह मनुष्य सदा प्रसन्न, सेवापरायण तथा धैर्यशाली होता है ॥१७॥ सत्य और सरलता युक्त, संयम, शुचि, श्रद्धावान् और जितेन्द्रिय होकर प्रसन्न मनसे महाभारतका श्रवण करनेसे किस प्रकारकी सिद्धि प्राप्त होती है, सो बता रहा हूँ। सुनिये—॥ १८ ॥ महाभारतके कथावाचकको पवित्र, शुद्धाचारी, शुक्लाम्बरधारी, सुसंस्कृत, सर्वशास्त्रज्ञ, श्रद्धालु, रोषशून्य, रूपवान्, सौभाग्यशाली, संयमी, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, उदार और यशस्वी होना चाहिए ॥१९॥२०॥ महाभारतकी कथा कहते समय कथावाचक ककारादि तिरसठ वर्ण तथा पदसमुदाय जिससे अस्पष्ट न होकर नियमानुसार मूर्धा आदि आठ स्थानोंसे भलीभाँति उच्चारित हो, जिससे रस तथा भावकी हानि न हो, जिससे अतिविलम्ब, अतिशीघ्र, कर्कश तथा अस्पष्ट न हो, इस प्रकार

शयनं शिबिकाश्चैव स्यन्दनाश्च स्वलंकृताः ॥ १५ ॥ यद्यद्गृहे वरं किंचिद्यद्यदस्ति महद्वसु ॥ तत्तद्देयं द्विजातिभ्य आत्मा दाराश्च सूनवः ॥ १६ ॥ श्रद्धया परया दत्तं क्रमशस्तस्य पारगाः ॥ शक्तितः सुमना हृष्टः शुश्रूषुरविकम्पनः ॥ १७ ॥ सत्यार्जवरतो यत्तः शुचिः शौचपरायणः ॥ श्रद्दधानो जितक्रोधो यथा सिद्धयति तच्छृणु ॥ १८ ॥ शुचिः शीलान्विताचारः शुक्लवासा यतेन्द्रियः ॥ संस्कृतः सर्वशास्त्रज्ञः श्रद्दधानोऽनसूयकः ॥ १९ ॥ रूपवान्सुभगो दान्तः सत्यवादी जितेन्द्रियः ॥ दानमानग्रहीता च कार्यो भवति वाचकः ॥ २० ॥ अविलम्बमनायस्तमद्रुतं धीरमूर्जितम् ॥ असंसक्ताक्षरपदं न च भावसमन्वितम् ॥ २१ ॥ त्रिषष्टिवर्णसंयुक्तमष्टस्थानसमीरितम् ॥ वाचयेद्वाचकः स्वस्थः स्वाधीनः सुसमाहितः ॥ २२ ॥ नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ॥ देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥ २३ ॥ ईदृशाद्वाचकाद्राजञ्छ्रुत्वा भारत भारतम् ॥ नियमस्थः शुचिः श्रोता शृण्वन्स फलमश्नुते ॥ २४ ॥ पारणं प्रथमं प्राप्य द्विजानन्नैश्च तर्पयेत् ॥ अग्निष्टोमस्य यागस्य फलं वै लभते नरः ॥ २५ ॥ अप्सरोगणसंकीर्णं विमानं लभते महत् ॥ प्रहृष्टः स तु देवैश्च दिवं याति समाहितः ॥ २६ ॥ द्वितीयं पारणं प्राप्य अतिरात्रफलं लभेत् ॥ सर्वरत्नमयं दिव्यं विमानमधिरोहति ॥२७॥ दिव्यमाल्याम्बरधरो दिव्यगन्धविभूषितः ॥ दिव्यांगदधरो नित्यं देवलोके महीयते ॥२८॥ तृतीयं पारणं प्राप्य द्वादशाहफलं लभेत् ॥ वसत्यमरसंकाशो वर्षाण्ययुतशो दिवि ॥ २९ ॥ चतुर्थं वाजपेयस्य पञ्चमे द्विगुणं फलम् ॥ उदिता-

सुस्थ शरीर तथा एकाग्रचित्त होकर आनन्दपूर्वक बैठकर यह कथा कहे ॥ २१ ॥ २२ ॥ वाचक सर्वप्रथम नरोत्तम नर, नारायण और देवी सरस्वतीको नमस्कार करके महाभारतकी कथा आरम्भ करे ॥ २३ ॥ श्रोता यदि संयतेन्द्रिय तथा शुद्धचित्त होकर उपर्युक्त रीतिसे वक्ताके पास बैठकर भारतको कथाका श्रवण करे तो उसे अभीष्ट फल प्राप्त होता है ॥ २४ ॥ प्रथम पारण (आवृत्ति)की समाप्तिपर यदि ब्राह्मणोंको तृप्त किया जा सके तो अग्निष्टोम यज्ञका फल मिलता है और श्रोता अप्सराओंसे भरे दिव्य विमानपर बैठकर स्वर्गलोकको पयान करता है ॥ २५ ॥ २६ ॥ द्वितीय पारणकी समाप्तिपर श्रोता अतिरात्रफल प्राप्त करके दिव्य वस्त्र, दिव्य माल्य, दिव्य गन्ध और दिव्य अलंकार धारणपूर्वक दिव्य विमानपर बैठकर देवलोकको जाता है और देवताओंका आदरणीय बनता है ॥ २७ ॥ २८ ॥ तृतीय पारणकी समाप्तिपर श्रोताको द्वादशाहयागका फल प्राप्त होता है। इससे श्रोता देवताओंकी तरह दस हजार वर्षतक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वर्गका सुख भोगता है ॥२९॥ चतुर्थ पारणकी समाप्तिपर वाजपेय यज्ञका तथा पंचम पारणमें उससे दूना फल प्राप्त होता है। इस पुण्यके प्रभावसे श्रोता प्रज्वलित अग्नि तथा उदयोन्मुख सूर्यके सदृश लोहितवर्णके विमानपर बैठकर देवताओंके साथ स्वर्ग जाता है। वहाँ वह दस हजार वर्षतक इन्द्रके भव्य भवनमें विहार करता है ॥३०॥३१॥ षष्ठ पारण (आवृत्ति) में उससे दूना एवं सप्तम पारणकी समाप्तिपर तिगुना फल प्राप्त होता है। अन्तमें श्रोता वैदूर्यमणि तथा विद्रुम (मूँगा) मणिविभूषित कैलासशिखराकार विमानपर बैठकर द्वितीय सूर्यके समान समस्त लोकोंमें इच्छानुसार विचरण करता है। अष्टम पारणमें राजसूय यज्ञका फल प्राप्त होता है ॥ ३२–३४ ॥ उस पुण्यके प्रभावसे वह चन्द्रमाकी किरणों सदृश शुभ्रवर्ण, मनोवेगगामी, अश्वसंयुक्त एवं चन्द्रमासदृश प्रभाशाली रमणीय विमानपर सवार होकर प्रयाण करता है ॥ ३५ ॥ वहाँ चन्द्रमासे भी सुन्दर मुखवाली दिव्याङ्गनायें उसकी सेवा करती हैं। उनके बीचमें

दित्यसंकाशं ज्वलन्तमनलोपमम् ॥ ३० ॥ विमानं विबुधैः सार्द्धमारुह्य दिवि गच्छति ॥ वर्षायुतानि भवने शक्रस्य दिवि मोदते ॥ ३१ ॥ षष्ठे द्विगुणमस्तीति सप्तमे त्रिगुणं फलम् ॥ कैलासशिखराकारं वैदूर्यमणिवेदिकम् ॥ ३२ ॥ परिक्षिप्तं च बहुधा मणिविद्रुमभूषितम् ॥ विमानं समधिष्ठाय कामगं साप्सरोगणम् ॥ ३३ ॥ सर्वांल्लोकान्विचरते द्वितीय इव भास्करः ॥ अष्टमे राजसूयस्य पारणे लभते फलम् ॥ ३४ ॥ चन्द्रोदयनिभं रम्यं विमानमधिरोहति ॥ चन्द्ररश्मिप्रतीकाशैर्हयैर्युक्तं मनोजवैः ॥ ३५ ॥ सेव्यमानो वरस्त्रीणां चन्द्रकान्ततरैर्मुखैः ॥ मेखलानां निनादेन नूपुराणां च निःस्वनैः ॥ ३६ ॥ अङ्के परमनारीणां सुखं सुप्तो विबुध्यते ॥ नवमे क्रतुराजस्य वाजिमेधस्य भारत ॥ ३७ ॥ काञ्चनस्तम्भनिर्व्यूहं वैदूर्यकृत-वेदिकम् ॥ जाम्बूनदमयैर्दिव्यैर्गवाक्षैः सर्वतो दिशम् ॥ ३८ ॥ सेवितं चाप्सरःसंघैर्गन्धर्वैर्दिविचारिभिः ॥ विमानं समधिष्ठाय श्रिया परमया ज्वलन् ॥ ३९ ॥ दिव्यमाल्याम्बरधरो दिव्यचन्दनभूषितः ॥ मोदते दैवतैः सार्द्धं दिवि देव इवापरः ॥४०॥ दशमं पारणं प्राप्य द्विजातीनभिवन्द्य च ॥ किङ्किणीजालनिर्घोषं पताकाध्वजशोभितम् ॥ ४१ ॥ रत्नवेदिकसंकाशं वैदूर्यमणितोरणम् ॥ हेमजालपरिक्षिप्तं प्रवालवलभीमुखम् ॥ ४२ ॥ गन्धर्वैर्गीतकुशलैरप्सरोभिर्निषेवितम् ॥ विमानं सुकृतावासं सुखेनैवोपपद्यते ॥ ४३ ॥ मुकुटेनार्कवर्णेन जाम्बूनदविभूषणः ॥ दिव्यचन्दनदिग्धाङ्गो

वह प्राणी सुखपूर्वक शयन करता है और उन्हींकी मेखला तथा नूपुरकी ध्वनिसे उसकी निद्रा भंग होती है। हे महाराज ! नवम पारणकी समाप्तिपर सर्वोत्कृष्ट अश्वमेध यज्ञका फल प्राप्त होता है ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ इस पुण्यके प्रतापसे स्वर्णस्तम्भसमाकीर्ण, मणिमयी वेदियोंयुक्त, सुवर्णगवाक्षशोभित, अप्सराओं तथा गन्धर्वगणोंसे अलंकृत दिव्य विमान आ उपस्थित होता है और महाभारतका श्रोता दिव्य माल्य, दिव्य वस्त्र तथा दिव्य गन्धका लेप लगाये उस विमानपर आरोहण करके देवताओंके साथ देवलोकमें विचरण करता हुआ आनन्द लेता है ॥ ३८–४० ॥ दशम पारण पूर्ण करके यदि ब्राह्मणोंको परितृप्त किया जा सके तो श्रोताके लिए किंकिणीसमूहसे अलंकृत, ध्वजा-पताकासे सुशोभित, रत्नवेदीयुक्त, मणिमय तोरणसे सुसज्जित, गीयमान गन्धर्व तथा अप्सरागणोंसे परिपूर्ण एवं सुवर्णमण्डित विमान आ उपस्थित होता है ॥ ४१–४३ ॥ तब श्रोता मस्तकपर स्वर्णविभूषित तथा सूर्यसदृश देदीप्यमान

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मुकुट धारण करके दिव्य माल्य और दिव्य विलेपनसे मनोहरस्वरूप होकर देवभोग्य स्वर्गलोकमें जाकर विचरण करता है ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ इस प्रकार कुछ समय स्वर्गलोकमें विहार करनेके पश्चात् गन्धर्वों द्वारा सेवित होता हुआ बड़े आनन्दके साथ निवास करता है । तदनन्तर देवराज इन्द्रके समान विविध लोकोंमें विचरण करके वह स्वर्गीय देवियोंके बीचमें रहता हुआ बड़े आनन्दके साथ जीवन यापन करता है । इसके बाद वह सूर्यभवन, चन्द्रभवन तथा शिवभवनमें निवास करके भगवान् विष्णुकी सायुज्य मुक्ति प्राप्त कर लेता है । हे महाराज ! मैंने जो कुछ कहा है, वह सत्य है । इस विषयमें सन्देहका समावेश नहीं है ॥ ४६–४९ ॥ हे महाराज ! मेरे गुरुने यह उपदेश दिया था कि पूर्ण श्रद्धाके साथ महाभारतका श्रवण करना चाहिए । महाभारत बाँचनेवाले ब्राह्मणको हाथी, घोड़ा, रथ, पालकी, वाहन, कटक, कुण्डल, यज्ञोपवीत, विचित्र वस्त्र एवं गन्धद्रव्य आदि जो भी वस्तु वक्ता चाहे, वह सब उसे प्रदान

दिव्यमाल्यविभूषितः ॥ ४४ ॥ दिव्याँल्लोकान्प्रचरति दिव्यैर्भोगैः समन्वितः ॥ विबुधानां प्रसादेन श्रिया परमया युतः ॥ ४५ ॥ अथ वर्षगणानेवं स्वर्गलोके महीयते ॥ ततो गन्धर्वसहितः सहस्राण्येकविंशतिः ॥ ४६ ॥ पुरंदरपुरे रम्ये शक्रेण सह मोदते ॥ दिव्ययानविमानेषु लोकेषु विविधेषु च ॥ ४७ ॥ दिव्यनारीगणाकीर्णो निवसत्यमरो यथा ॥ ततः सूर्यस्य भवने चन्द्रस्य भवने तथा ॥ ४८ ॥ शिवस्य भवने राजन्विष्णोर्याति सलोकताम् ॥ एवमेतन्महाराज नात्र कार्या विचारणा ॥ ४९ ॥ श्रद्दधानेन वै श्राव्यमेवमाह गुरुर्मम ॥ वाचकस्य तु दातव्यं मनसा यद्यदिच्छति ॥ ५० ॥ हस्त्यश्वरथयानादि वाहनं च विशेषतः ॥ कटकं कुण्डले चैव ब्रह्मसूत्रं तथापरम् ॥ ५१ ॥ वस्त्रं चैव विचित्रं च गन्धं चैव विशेषतः ॥ देववत्पूजयेत्तं तु विष्णुलोकमवाप्नुयात् ॥ ५२ ॥ अतः परं प्रवक्ष्यामि यानि देयानि भारते ॥ वाच्यमानेऽथ विप्रेभ्यो राजन्पर्वणि पर्वणि ॥ ५३ ॥ जातिं देशं च सत्यं च माहात्म्यं भरतर्षभ ॥ धर्मवृत्तिं च विज्ञाय क्षत्रियाणां नराधिप ॥ ५४ ॥ स्वस्ति वाच्यं द्विजानादौ ततः कार्यं प्रवर्तयेत् ॥ समाप्ते पर्वणि ततः स्वशक्त्या तर्पयेद्द्विजान् ॥ ५५ ॥ आदौ तु वाचकं चैव वस्त्रगन्धसमन्वितम् ॥ विधिवद्भोजयेद्राजन्मधुपायससंयुतम् ॥ ५६ ॥ ततो मूलफलप्रायं पायसं मधुसर्पिषा ॥ आस्तिके भोजयेद्राजन्दद्याच्चैव गुडौदनम् ॥ ५७ ॥ अपूपैश्चैव पूपैश्च मोदकैश्च समन्वितम् ॥ सभापर्वणि राजेन्द्र हविष्यं भोजयेद्द्विजान् ॥ ५८ ॥ आरण्यके मूलफलैस्तर्पयेच्च द्विजोत्तमान् ॥ अरणीपर्व आसाद्य जलकुम्भान्प्रदापयेत् ॥ ५९ ॥ तर्पणानि

करके देवताके समान उसका पूजन करे । ऐसा करनेसे वह श्रद्धालु श्रोता अन्तमें विष्णुलोक प्राप्त करता है ॥ ५०–५२ ॥ हे महाराज ! अब मैं महाभारत बाँचते समय पर्व-पर्वपर जाति, देश, उत्साह, गौरव और धार्मिक प्रवृत्तिके अनुसार ब्राह्मणोंको जो दान देना होता है, सो बता रहा हूँ । सुनिए—॥ ५३ ॥ ५४ ॥ पहले ब्राह्मणोंसे स्वस्तिवाचन कराके भारतश्रवणके कार्यमें प्रवृत्त होना चाहिए । आदिपर्व समाप्त होनेपर यथाशक्ति दान देकर ब्राह्मणोंको संन्तुष्ट करे ॥ ५५ ॥ हे राजन् ! पर्वसमाप्तिपर वाचकको वस्त्र-चन्दन आदि अर्पण करके मधुमिश्रित खीर भोजन कराये ॥५६॥ इस प्रकार फल-मूल एवं घृत-मधुमिश्रित पायस खिलानेके बाद उसे गुड़ मिला हुआ भात अर्पण करे ॥५७॥ सभापर्वकी समाप्तिपर ब्राह्मणोंको पुआ, मालपुआ

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मोदक तथा खीर भोजन कराये ॥ ५८ ॥ वनपर्व समाप्त होनेपर जलपूर्ण कलश दान देकर फल-मूल आदि विविध सामग्रियों सहित अन्न भोजन कराये ॥ ५९ ॥ ६० ॥ विराट पर्वकी समाप्तिपर विविध प्रकारके वस्त्र प्रदान करे। उद्योगपर्व समाप्त होनेपर ब्राह्मणोंको वस्त्र-माल्यादि प्रदान करके उत्तम पदार्थ भोजन कराये ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ द्रोणपर्व समाप्त होनेपर श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणोंको भोजन कराके धनुष-बाण तथा तलवार दान करे ॥ ६३ ॥ कर्णपर्वकी समाप्तिपर भी संयत मनसे उसी प्रकार उत्तमरीतिसे ब्राह्मणोंको भोजन कराके तृप्त करे ॥ ६४ ॥ शल्यपर्वकी समाप्तिपर गुड़, भात, मालपुआ और मोदक आदि भोजन कराके ब्राह्मणों सन्तुष्ट करे ॥ ६५ ॥ गदापर्वकी समाप्तिपर मूँगमिश्रित अन्न खिलाये और स्त्रीपर्वकी समाप्तिपर रत्नदान और ऐषिक पर्व समाप्त होनेपर घृतमिश्रित अन्नदान करना चाहिए ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ शान्तिपर्वकी समाप्तिपर ब्राह्मणोंको हविष्यान्न भोजन कराये।

च मुख्यानि वन्यमूलफलानि च ॥ सर्वकामगुणोपेतं विप्रेभ्योऽन्नं प्रदापयेत् ॥ ६० ॥ विराटपर्वणि तथा वासांसि विविधानि च ॥ उद्योगे भरतश्रेष्ठ सर्वकामगुणान्वितम् ॥ ६१ ॥ भोजनं भोजयेद्विप्रान्गन्धमाल्यैरलंकृतान् ॥ भीष्मपर्वणि राजेन्द्र दत्त्वा यानमनुत्तमम् ॥ ततः सर्वगुणोपेतमन्नं दद्यात्सुसंस्कृतम् ॥६२॥ द्रोणपर्वणि विप्रेभ्यो भोजनं परमार्चितम् ॥ शराश्च देया राजेन्द्र चापान्यसिवरांस्तथा ॥६३॥ कर्णपर्वण्यपि तथा भोजनं सार्वकामिकम् ॥ विप्रेभ्यः संस्कृतं सम्यग्दद्यात्संयतमानसः ॥ ६४ ॥ शल्यपर्वणि राजेन्द्र मोदकैः सगुडौदनैः ॥ अपूपैस्तर्पयेच्चैव सर्वमन्नं प्रदापयेत् ॥६५॥ गदापर्वण्यपि तथा मुद्गमिश्रं प्रदापयेत् ॥ स्त्रीपर्वणि तथा रत्नैस्तर्पयेत्तु द्विजोत्तमान् ॥६६॥ घृतौदनं पुरस्ताच्च ऐषिके दापयेत्पुनः ॥ ततः सर्वगुणोपेतमन्नं दद्यात्सुसंस्कृतम् ॥६७॥ शान्तिपर्वण्यपि गते हविष्यं भोजयेद्द्विजान् ॥ अश्वमेधिकमासाद्य भोजनं सार्वकामिकम् ॥६८॥ तथाऽऽश्रमनिवासे तु हविष्यं भोजयेद्द्विजान् ॥ मौसले सार्वगुणिकं गन्धमान्यानुलेपनम् ॥ ६९ ॥ महाप्रस्थानिके तद्वत्सर्वकामगुणान्वितम् ॥ स्वर्गपर्वण्यपि तथा हविष्यं भोजयेद्द्विजान् ॥ ७० ॥ हरिवंशसमाप्तौ तु सहस्रं भोजयेद्द्विजान् ॥ गामेकां निष्कसंयुक्तां ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥ ७१ ॥ तदर्द्धेनापि दातव्या दरिद्रेणापि पार्थिव ॥ प्रतिपर्वसमाप्तौ तु पुस्तकं वै विचक्षणः ॥७२॥ सुवर्णेन च संयुक्तं वाचकाय निवेदयेत् ॥ हरिवंशे पर्वणि च पायसं तत्र भोजयेत् ॥ ७३ ॥ श्लोकं वा श्लोकपादं वा अक्षरं वा नृपात्मज ॥ श्रृणुयादेकचित्तस्तु स विष्णुदयितो भवेत् ॥ ७४ ॥ व्यासं चैव

अश्वमेधिक पर्वकी समाप्तिपर सर्वोपकरणयुक्त उत्कृष्ट अन्न, आश्रमवासिक पर्व समाप्त होनेपर हविष्य, मुसलपर्वकी समाप्तिपर चन्दन-माला तथा अनुलेपन प्रदान करे ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ महाप्रस्थानिक पर्वकी समाप्तिपर उत्कृष्ट आहार एवं स्वर्गारोहण पर्व समाप्त होनेपर ब्राह्मणोंको हविष्य भोजन कराये ॥ ७० ॥ किन्तु हरिवंशपर्वकी समाप्तिपर हजार ब्राह्मणोंको भोजन कराये और कथा बाँचनेवाले ब्राह्मणको स्वर्णमुद्रा सहित एक गौ दान दे ॥ ७१ ॥ यदि श्रोता निर्धन हो तो पाँच ही सौ ब्राह्मणोंको भोजन कराये। प्रत्येक पर्वकी समाप्तिपर श्रोता कथावाचकको सुवर्णसंयुक्त एक-एक महाभारतकी पोथीका दान देता रहे। हरिवंशकी समाप्तिपर ब्राह्मणोंको खीर खिलाये ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ हे महाराज! इस ग्रन्थके एक श्लोक, आधे श्लोक, चौथाई श्लोक अथवा एक अक्षरका भी एकाग्र मनसे श्रवण करनेवाला व्यक्ति विष्णु भगवानका प्रिय हो जाता है ॥ ७४ ॥ ग्रन्थसमाप्तिपर विधिवत्

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सपत्नीक व्यास तथा भगवान लक्ष्मीनारायणका पूजन करे ॥ ७५ ॥ जो श्रोता भूमि, वस्त्र तथा गोदानपूर्वक कथावाचककी पूजा करता है तो उस पूजनसे साक्षात् देवकीनन्दन कृष्ण भगवानका पूजन होता है ॥ ७६ ॥ इस प्रकार प्रत्येक पारणपर कार्य समाप्त होनेके बाद शान्त और निर्मलचित्त होकर शुक्ल वस्त्र और विविध अलंकार धारणपूर्वक महाभारत पोथीको एक रेशमी वस्त्रमें बाँधे। तब उसे पवित्र स्थानमें स्थापित करके गन्ध-मान्यादि उपचारोंसे विधिवत् पूजन करे ॥ ७७–७९ ॥ तदनन्तर भक्ष्य, भोज्य, पेय और माल्यादि द्वारा ब्राह्मणोंको तृप्त करके गोदानकी दक्षिणा प्रदान करे ॥८०॥ सब अवसरोंपर तीन पल सुवर्ण दान देनेका विधान है, किन्तु यदि श्रोता सर्वथा असमर्थ हो तो आधे या चौथाई पल सुवर्णका दान तो अवश्य करे। इस विषयमें किसी प्रकारकी कंजूसी न करे ॥ ८१ ॥ इनके अतिरिक्त श्रोताकी जो कुछ भी दान करनेकी अभिलाषा हो, वह तत्काल दान दे दे।

सपत्नीकं पूजयेच्च यथाविधि ॥ लक्ष्मीनारायणं देवं पूजितं तच्च पूजयेत् ॥ ७५ ॥ वाचकं पूजयेद्यस्तु भूमिवस्त्रसुधेनुभिः ॥ विष्णुः संपूजितस्तेन स साक्षाद्देवकीसुतः ॥ ७६ ॥ पारणे पारणे राजन् यथावद्भरतर्षभ ॥ समाप्य सर्वाः प्रयतः संहिताः शास्त्रकोविदः ॥ ७७ ॥ शुभे देशे निवेश्याथ क्षौमवस्त्राभिसंवृतः ॥ शुक्लाम्बरधरः श्रीमाञ्छुचिर्भूत्वा स्वलंकृतः ॥ ७८ ॥ अर्चयेच्च यथान्यायं गन्धमाल्यैः पृथक् पृथक् ॥ संहितापुस्तकान्राजन्प्रयतः शिष्टसंमतः ॥ ७९ ॥ भक्ष्यैर्मांसैश्च पेयैश्च कामैश्च विविधैः शुभैः ॥ हिरण्यं गां च वस्त्रं च दक्षिणामथ दापयेत् ॥ ८० ॥ सर्वत्र त्रिपलं स्वर्णं दातव्यं प्रणतात्मना ॥ तदर्द्धं पादशेषं वा वित्तशाठ्यविवर्जितम् ॥ ८१ ॥ यद्यदेवात्मनोऽभीष्टं तत्तद्देयं द्विजातये ॥ सर्वथा तोषयेद्भक्त्या वाचकं गुरुमात्मनः ॥ देवताः कीर्त्तयेत्सर्वा नरनारायणौ तथा ॥ ८२ ॥ ततो गन्धैश्च माल्यैश्च स्वलंकृतद्विजोत्तमान् ॥ तर्पयेद्विविधैः कामैर्दानैश्चोच्चावचैस्तथा ॥८३॥ अतिरात्रस्य यज्ञस्य फलं प्राप्नोति मानवः ॥ प्राप्नुयाच्च क्रतुफलं तथा पर्वणि पर्वणि ॥८४॥ वाचको भरतश्रेष्ठ व्यक्ताक्षरपदस्वरः ॥ भविष्यं श्रावयेद्विप्रान्भारतं भरतर्षभ ॥८५॥ भुक्तवत्सु द्विजेन्द्रेषु यथावत्संप्रदापयेत् ॥ वाचकं भरतश्रेष्ठ भोजयित्वा स्वलंकृतम् ॥ ८६ ॥ वाचके परितुष्टे तु शुभा प्रीतिरनुत्तमा ॥ ब्राह्मणेषु च तुष्टेषु प्रसन्नाः सर्वदेवताः ॥ ८७ ॥ ततो हि वरणं कार्यं द्विजानां भरतर्षभ ॥ सर्वकामैर्यथान्यायं साधुभिश्च यथाक्रमम् ॥ ८८ ॥ इत्येष विधिरुद्दिष्टो मया ते द्विपदां वर ॥ श्रद्दधानेन वै भाव्यं यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ ८९ ॥ भारतश्रवणे

कथावाचकको अपना गुरु समझकर भक्तिके साथ भली भाँति सन्तुष्ट करे। तदनन्तर सब देवताओंका नाम संकीर्तन करता हुआ नर-नारायणके नामका भी कीर्तन करे ॥ ८२ ॥ गन्ध-माल्य एवं उपयोगी द्रव्यादि दान देकर ब्राह्मणोंको सन्तुष्ट करनेसे श्रोता अतिरात्र यज्ञका फल प्राप्त करता है ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ जिसका कण्ठस्वर मधुर हो और जो स्पष्टरूपसे वर्णों और वाक्योंका उच्चारण कर सकता हो, वही व्यक्ति महाभारतकी कथा कहनेका अधिकारी हो सकता है। ऐसा ही पुरुष महाभारतके भविष्य आदि पर्वोंकी कथा कहे ॥८५॥ ब्राह्मणभोजनका कार्य पूर्ण होनेके बाद श्रोताको चाहिए कि कथावाचकको भी भोजन कराके विधिवत् पूजन करे ॥८६॥ क्योंकि वाचक ब्राह्मणके सन्तुष्ट होनेपर सब देवता प्रसन्न हो जाते हैं ॥ ८७ ॥ इस प्रकार यथोक्त नियमानुसार ब्राह्मणोंका वरण करे। हे महाराज! आपने मुझसे जो महाभारतके अध्ययनविधिकी जिज्ञासा की थी, वह मैंने आपको बतला

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दी ॥ ८८ ॥ ८९ ॥ अब भी जो लोग अपना कल्याण चाहते हों और महाभारतश्रवणकी अभिलाषा रखते हों, उन्हें चाहिये कि इसी प्रकार श्रवणविधिका यथावत् पालन करें ॥ ९० ॥ मनुष्यमात्रका कर्तव्य है कि वह नित्य महाभारत पढ़े और कहे। जिस घरमें महाभारतकी पोथी रहती है, उस घरके लोगोंके हाथमें विजय सदा विद्यमान रहती है ॥ ९१ ॥ महाभारत बड़ा पवित्र ग्रन्थ है और इसमें विविध कथायें भरी पड़ी हैं। महाभारतका आदर देवता भी करते हैं ॥९२॥ हे महाराज! महाभारत सब शास्त्रोंमें उत्तम शास्त्र है। अब मैं आपको एक तत्त्वकी बात बता रहा हूँ, वह यह कि महाभारतसे ही मोक्ष भी प्राप्त किया जा सकता है ॥९३॥ महाभारतके कथानकका संकीर्तन करनेपर पृथिवी, सरस्वती, गौ, ब्राह्मण और भगवान विष्णुके नामका संकीर्तन स्वतः हो जाता है। ऐसा करनेवाला प्राणी कभी दुखी नहीं होता ॥ ९४ ॥ वेद, रामायण तथा परम पुनीत महाभारतकी कथा कहने-सुननेके आदि, मध्य और अन्तमें भगवन्नामका संकीर्तन करना चाहिए ॥ ९५ ॥ परम पदके अभिलाषी एवं महात्त्वाकांक्षी सज्जनोंका यह आवश्यक कर्तव्य है कि जिस महाग्रन्थमें भगवान विष्णुकी पुनीत कथाओंका वर्णन

राजन्पारणे च नृपोत्तम ॥ सदा यत्नवता भाव्यं श्रेयस्तु परमिच्छता ॥ ९० ॥ भारतं शृणुयान्नित्यं भारतं परिकीर्तयेत् ॥ भारतं भवने यस्य तस्य हस्तगतो जयः ॥ ९१ ॥ भारतं परमं पुण्यं भारते विविधाः कथाः ॥ भारतं सेव्यते देवैर्भारतं परिकीर्तयेत् ॥ ९२ ॥ भारतं सर्वशास्त्राणामुत्तमं भरतर्षभ ॥ भारतात्प्राप्यते मोक्षस्तत्त्वमेतद्ब्रवीमि ते ॥ ९३ ॥ महाभारतमाख्यानं क्षितिं गां च सरस्वतीम् ॥ ब्राह्मणं केशवं चापि कीर्तयन्नावसीदति ॥ ९४ ॥ वेदे रामायणे पुण्ये भारते भरतर्षभ ॥ आदौ चान्ते च मध्ये च हरिः सर्वत्र गीयते ॥ ९५ ॥ यत्र विष्णुकथा दिव्याः श्रुतयश्च सनातनाः ॥ तच्छ्रोतव्यं मनुष्येण परं पदमिहेच्छता ॥९६॥ एतत्पवित्रं परममेतद्धर्मनिदर्शनम् ॥ एतत्सर्वगुणोपेतं श्रोतव्यं भूतिमिच्छता ॥९७॥ क्रियतेऽसारसंसारे वाञ्छितस्यैककारणम् ॥ हरिवंशस्य श्रवणमिति द्वैपायनोऽब्रवीत् ॥ ९८ ॥ अश्वमेधसहस्रेण वाजपेयशतैस्तथा ॥ यत्फलं प्राप्यते पुम्भिस्तद्धरेर्वंशपारणात् ॥ ९९ ॥ अजरममरमेकं ध्येयमाद्यन्तशून्यं सगुणमगुणमाद्यं स्थूलमत्यन्तसूक्ष्मम् ॥ निरुपममनुमेयं योगिनां ज्ञानगम्यं त्रिभुवनगुरुमीशं त्वां प्रपन्नोऽस्मि विष्णो ॥ १०० ॥ सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु ॥ सर्वेषां वाञ्छिता अर्था भवन्त्वस्य च पारणात् ॥ १०१ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि श्रवणफलकथनं नाम त्रयस्त्रिंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३३ ॥

किया गया है और जिसमें सनातन श्रुतियोंका विशद वर्णन है, उस दिव्य ग्रन्थ महाभारतको सदा सुनें ॥ ९६ ॥ क्योंकि यह परम पावन, परम धर्म एवं समस्त गुणोंका एकमात्र आकर हैं ॥ ९७ ॥ महर्षि द्वैपायन व्यासने स्वयं कहा है कि इस असार संसारमें हरिवंशके श्रवणसे ही वांछित फल प्राप्त किया जा सकता है ॥ ९८ ॥ हजारों अश्वमेध और सैकड़ों वाजपेय यज्ञ करनेसे जो फल प्राप्त होता है, वही फल एकमात्र हरिवंशका श्रवण करके प्राप्त किया जा सकता है ॥ ९९ ॥ हे जगद्गुरो! आप अजर-अमर हैं। आपका आदि-अन्त नहीं है। आप सगुण, निर्गुण, स्थूल, अत्यन्त सूक्ष्म, उपमातीत, अनुपमेय और केवल योगियोंके लिए ज्ञानगम्य हैं। अतएव हे ईश! मैं आपके शरणागत हूँ ॥ १०० ॥ इस हरिवंशके पारायणसे सबका दुख दूर हो, सबकी अभीष्ट कामना पूर्ण हो और सबका कल्याण हो ॥ १०१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३३ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(त्रिपुरवधका वृत्तान्त) इतनी कथा सुनकर राजा जनमेजय बोले—हे विप्रवर ! अब मैं शंकरभगवानके द्वारा त्रिपुरवधका वृत्तान्त सुनना चाहता हूँ, उसे आप विस्तृतरूपसे सुनाइए ॥ १ ॥ वैशम्पायन बोले—हे महाराज ! आपने मुझसे जिस लोकानिष्टकारी एवं बाहुबलशाली त्रिपुरासुरके वधका विवरण पूछा है, सबके बधके इच्छुक त्रिपुरको बहुत समय पहले ही महादेवजीने तीन बाणोंसे जिस प्रकार मारा था, वह कथानक मैं आदिसे विस्तारपूर्वक आपको सुना रहूँ । सुनिए—॥२॥३॥ महाबली और परम पराक्रमी त्रिपुर सहसा उमड़े हुए मेघोंके समान आकाशमण्डलमें स्वच्छन्द विचरण किया करता था ॥४॥ उसके पुरके सभी प्रासाद अत्यन्त ऊँचे और सुवर्णमय थे । उन प्रासादोंमें जगह-जगह उत्तम मणि जड़े हुए थे । उनके तोरण विविध रत्नोंसे चित्रित रहते थे ॥ ५ ॥ गन्धर्वपुरीके समान आकाशमें उस पुरीकी आश्चर्यजनक शोभा हो रही थी ॥ ६ ॥ मनके समान द्रुतगामी, अत्यन्त बलदर्पित एवं पंखधारी

जनमेजय उवाच ॥ त्र्यक्षाद्वधमहं ब्रह्मञ्छ्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ॥ त्रयाणां पुरसंज्ञानां खेचराणां समासतः ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ शृणु विस्तरतः सर्वं यन्मां पृच्छसि नैधनम् ॥ दैत्यानां बाहुबलिनां सर्वप्राणिविरोधिनाम् ॥ २ ॥ शंकरेण वधं राजन् शूलैस्त्रिभिरजिह्मगैः ॥ कृतं पुराऽसुरेन्द्राणां सर्वभूतवधैषिणाम् ॥ ३ ॥ त्रिपुरं पुरुषव्याघ्रं बृहद्धातुसमीरितम् ॥ विक्रामति नभोमध्ये मेघवृन्दमिवोत्थितम् ॥ ४ ॥ प्राकारेण प्रवृद्धेन काञ्चनेन विराजता ॥ मणिभिश्च प्रकाशद्भिः सर्वरत्नैश्च तोरणैः ॥ ५ ॥ बभासे नभसो मध्ये श्रिया परमया ज्वलन् ॥ गन्धर्वाणामिवोदग्रं कर्मणा साधितं परम् ॥ ६ ॥ वाजिनः पक्षसंयुक्ता वहन्ति बलदर्पिताः ॥ पुरं प्रभाकरश्रेष्ठं मनोभिः कामबृंहणैः ॥ ७ ॥ धावन्ति हेषमाणास्ते विक्रमैः प्राणसंभृतैः ॥ आह्वयन्त इवाकाशं खुरैः श्यामदलप्रभैः ॥८॥ वायुवेगसमैर्वेगैः कालयन्त इवाम्बरम् ॥ असुराः समदृश्यंत चक्षुभिर्विदितात्मभिः ॥९॥ ऋषिभिर्ज्वलनप्रख्यैस्तपसा दग्धकिल्बिषैः ॥ गीतवादित्रबहुलं गन्धर्वनगरोपमम् ॥ १० ॥ चित्रायुधसमाकीर्णैः प्रतप्तकनकप्रभैः ॥ भवनैर्बहुभिश्चैव प्रांशुभिः समलंकृतैः ॥ ११ ॥ देवेन्द्रभवनाकारैः शुशुभे तन्महाद्युति ॥ प्रासादाग्रैः प्रवृद्धैश्च कैलासशिखरप्रभैः ॥ १२ ॥ शुशुभे दैत्यनगरं बहुसूर्यमिवाम्बरम् ॥ वराट्टालकसम्पन्नं तप्तकाञ्चनसप्रभम् ॥१३॥ प्रदीप्तमिव तेजोभी रराजाथ महाप्रभो ॥ क्ष्वेडितोत्कृष्टबहुलं सिंहनादविनादितम् ॥१४॥

अश्वगण सूर्यदेवके समान तेजस्वी उस पुरको वहन करते थे ॥ ७ ॥ जब वे घोड़े हेषारव करते हुए अपने पूर्ण पराक्रमसे वायुसदृश दौड़ते थे तो ऐसा लगता था कि मानों वे अपने हरित वर्णके खुर फेंक-फेंककर आकाशको ललकार रहे हों और इस कारण उसका अन्तस्तल कम्पित होने लगा हो । वीतकाम, प्रज्ज्वलित अग्निसदृश तेजस्वी एवं आत्मतत्त्वज्ञ ऋषिगण जब जिधर निहारते थे, उधर ही गीत-वाद्यके घोषसे परिपूर्ण गन्धर्वनगराकार त्रिपुरका वह नगर उन्हे समक्ष विद्यमान दिखायी देता था ॥ ८–१० ॥ उसमें तप्तकाञ्चन सदृश तेजस्वी विविध शस्त्रोंसे भरी कितनी ही उच्च अट्टालिकायें विराजमान थीं ॥११॥ उन्हें देखकर ऐसा लगता था कि मानों इन्द्रका प्रासाद, कैलाशपर्वतका शिखरप्रदेश अथवा आकाशमण्डलमें एक साथ बहुतेरे सूर्य उदित हो गये हों । उस नगरमें तप्तकाञ्चन सदृश तेजस्वी बहुतेरे भव्य भवन बने हुए थे । हे महाराज ! वह अपने ही तेजसे प्रदीप्त दिखायी देता था । उस नगरके किसी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्थानपर ताल ठोंकनेका शब्द, कहीं किसीके प्रति निन्दाके शब्द और कहीं सिंहगर्जनकी ध्वनि सुनायी देती थी ॥ १२–१४ ॥ इससे ऐसा लगता था कि मानों मल्ल पुरुषोंसे व्याप्त चैत्ररथ उपवन हो। उस नगरके स्थान-स्थानपर पताकायें फहरा रही थीं और जगह-जगह तलवारें चमक रही थीं ॥ १५ ॥ यह देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि मानों आकाशमण्डल विद्युन्मालासे देदीप्यमान हो उठा हो। हे महाराज! सूर्यनाभ और चन्द्रनाभ नामके महाबली और परम पराक्रमी दो दैत्यों एवं अन्यान्य दैत्य गणोंने ब्रह्माजीके वरदानसे अतिशय गर्वित तथा बलविमोहित होकर देवलोक तथा पितृलोकका गमनपथ मर्दित और बीच-बीचमें छिन्न-भिन्न कर दिया था। हे महाराज! जब उन दानवोंने अपने धनुष-बाणकी शक्तिसे सबको विचलित कर दिया ॥ १६–१९ ॥ तब देवता दीनवेश तथा म्लानमुख होकर ब्रह्माजीके पास गये और उन्हें सम्बोधित करके कातर स्वरमें बोले—हे ब्रह्मन्! आपने हमारे लिए जिन यज्ञभागोंका

बभौ वल्गुजनाकीर्णं वनं चैत्ररथं यथा ॥ समुच्छ्रितपताकं तदसिभिश्च विराजितम् ॥ १५ ॥ रराज त्रिपुरं राजन्महाविद्युदिवाम्बरे ॥ सूर्यनाभश्च
दैत्येन्द्रश्चन्द्रनाभश्च भारत ॥ १६ ॥ तथाऽन्ये च महावीर्या दानवा बलदर्पिताः ॥ ममृदुश्च बभञ्जुश्च मोहिताः परमेष्ठिना ॥ १७ ॥ पन्थानं
देवगमनं पितृयानं च भारत ॥ तैरेवमसुराग्रैश्च प्रगृहीतशरासनैः ॥ १८ ॥ दानवैर्नरशार्दूल देवयाने महापथे ॥ पितृवह्निबलोपेते हृते भरतसत्तम
॥१९॥ ब्रह्माणमभ्यधावन्त सर्वे सुरगणास्तथा ॥ विवर्णवदना दीनाश्छिन्ने वै गतिकर्मणि ॥२०॥ अब्रुवंश्च गताः स्थित्वा स्वरेणार्त्तनिनादिना ॥
हन्यामहे शत्रुगणैर्भागोच्छेदेन भागद ॥ २१ ॥ तेषां चैव वधोपायं वदस्व वदतां वर ॥ यं ज्ञात्वा बाहुबलिनो बाधेम समरे परान् ॥ २२ ॥
सान्त्वयित्वा तु वरदो ब्रह्मा प्रोवाच देवताः ॥ शृणुध्वं देवताः सर्वाः शत्रुप्रतिकृतिं पराम् ॥ २३ ॥ अवध्या दानवाः सर्वे ऋते शंकरमव्ययम् ॥
प्रतिगृह्य च तद्वाक्यं मनोभिर्वाग्भिरेव च ॥ २४ ॥ भूमौ प्रपेदिरे सर्वे सह रुद्रैश्च भारत ॥ विन्ध्यपादे च मेरौ च मध्ये च पृथिवीपते ॥ २५ ॥
तपसोग्रेण योगज्ञाः सर्वे ते मुनयोऽभवन् ॥ काश्यपेयं हरं प्राप्ता जपन्तो ब्रह्मसंहिताम् ॥ २६ ॥ येषां च परदाराणामभवद्वन्ध्यता जने ॥ विन्यस्त-
दर्भनिचये ताम्रलोहं च भूषणम् ॥ २७ ॥ परिधानानि चर्माणि मृदूनि च शुभानि च ॥ स्वयं मृतानां कृष्णानां मृगाणां कुरुसत्तम ॥ २८ ॥
गृहीतानि विमुक्तानि देहेभ्यो वनचारिणाम् ॥ अन्तरिक्षमथोपेत्य विविशुर्मायया वृताः ॥ २९ ॥ हरालयं सुराः सर्वे व्याघ्रचर्मनिवासिनः ॥ प्रणि-

विधान किया था, उन्हें हमारे शत्रुओंने लुप्त कर दिया है। अतएव हम मृतप्राय हो गये हैं ॥ २० ॥ २१ ॥ अब आप उनके विनाशका कोई ऐसा उपाय कर दीजिए कि जिससे हम पूर्ण बलवान् होकर उनका नाश करनेमें समर्थ हों ॥ २२ ॥ तब वरदायक ब्रह्माजीने सान्त्वनापूर्ण वाणीमें कहा—'हे देवताओं! शंकर भगवानके सिवाय और कोई भी उनका नाश नहीं कर सकता।' उनका यह वचन सुनकर देवता और रुद्रगण उन्हें प्रणाम करके चल पड़े। वहाँसे चलकर वे पृथिवीपर आये। अपने तपोबल तथा योगबलसे उनके लिए विन्ध्याचल, सुमेरुपर्वत, भूमण्डल तथा नभमण्डलका कोई भी प्रदेश अपरिचित नहीं था। सो ब्रह्मसंहिता (ॐकार) का जप करते-करते उन्होंने देखा कि भगवान भूतनाथ शंकरजी ताम्र तथा लौहमय आभूषण धारण किये और स्वतः मृत कृष्णसार मृगका पवित्र एवं कोमल मृगचर्म पहने कुशासनपर विराजमान हैं ॥२३–२७॥ तदनन्तर वे सब देवता देवदेव शंकर भगवानको प्रणाम करके

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कहने लगे—हे भगवन् ! आप हमें वरदान देकर यदि स्वयं विमुख हो जायँगे तो आपका वरदान भस्माच्छादित अग्निपर दी हुई घृतकी आहुतिके समान निष्फल हो जायगा। अतएव ब्रह्माजीने हमसे जो कुछ कहा है, अब आप यथासमय उनके वचनकी रक्षा करिए ॥ २८–३२ ॥ देवताओंके वचन सुनकर देवदेव शंकर भगवान अवश्यम्भावी कार्यकी महिमा समझकर तत्काल शस्त्रास्त्रसे सुसज्जित हो गये और देवताओंको भी तुरन्त तैयार हो जानेका आदेश दिया। भगवान् भूतनाथके आदेशानुसार देवता कवच तथा अलंकार धारण करके रथपर सवार होकर प्रज्वलित अग्निसदृश शोभित हुए ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ रुद्रगण भी शस्त्रास्त्र तथा मुकुट धारण करके उच्च पर्वतके समान दीखने लगे। अपने तेजके प्रभावसे वे अतिशय तेजस्वी दीख रहे थे ॥ ३५ ॥ इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ विश्वेदेवगण भी दानवोंका विनाश करनेके विचारसे शस्त्रास्त्र धारण करके सर्वथा सुसज्जित हो गये। तदनन्तर

पत्याथ ते दीना भगवन्तं जगत्पतिम् ॥ ३० ॥ सुव्यक्तेनाभिधानेन प्रभाषन्त हरं ततः ॥ हविर्दत्तमविज्ञानाद्भस्मच्छन्नेषु वह्निषु ॥ ३१ ॥
वरदानं वृथाऽस्मासु भगवन्विमुखे त्वयि ॥ यथादेशं यथाकालं क्रियतां ब्रह्मणो वचः ॥ ३२ ॥ यदुक्तं देवदेवेन खेचराणां समीपतः ॥ एवं
देववचोभिश्च भाविनोऽर्थस्य वैभवात् ॥ ३३ ॥ समनह्यन्महादेवो देवैः सह सवासवैः ॥ आदित्यपथमास्थाय सन्नद्धाः समलंकृताः ॥ ३४ ॥
सर्वे काञ्चनवर्णाभा बभुर्दीप्ता इवाग्नयः ॥ रुद्रेण सहिता रुद्रा दहन्त इव तेजसा ॥ ३५ ॥ सन्नद्धाः कुशलाः सर्वे प्रांशवः पर्वता इव ॥ विश्वे
विश्वेन वपुषा बलिनः कामरूपिणः ॥ ३६ ॥ समनह्यन्महात्मानो दानवन्तं विधित्सवः ॥ एभिः सह धनाध्यक्षैः समन्तात्परिवारितः ॥ ३७ ॥
त्रिपुरं योधयत्त्र्यक्षः प्रगृह्य सशरं धनुः ॥ अथ दैत्या भिन्नदेहाः पुराट्टालं गता इव ॥ ३८ ॥ न्यपतन्त विदेहास्ते विशीर्णा इव पर्वताः ॥ अति-
विद्धाः सुविद्धाश्च रणमध्यगता नृप ॥ ३९ ॥ न्यपतन्दैत्यसंघाता वज्रेणेव हता नगाः ॥ असिभिश्च हता देवैः शक्तिचक्रपरश्वधैः ॥ ४० ॥
बाणैश्च भिन्नमर्माणो दैत्येन्द्रा युद्धगोचरे ॥ प्रपेतुः सहिता उर्व्यां छिन्नवक्षा इवाचलाः ॥ ४१ ॥ तत्र संज्ञां विमुञ्चन्ति दीप्यमानेन तेजसा ॥
एवं तेऽन्योन्यसंबाधे क्षीयन्ते क्षयकर्मणा ॥ ४२ ॥ नोपालभ्यन्त चक्षुर्भ्यामपि दिव्येन चक्षुषा ॥ अस्तं प्राप्ते दिनकरे सुरेन्द्रास्ते निशामुखे ॥

भगवान त्रिलोचन उस सेनासे परिवेष्टित होकर धनुष-बाण धारण करके त्रिपुरासुरके साथ युद्धमें प्रवृत्त हुए। शङ्कर भगवानकी बाणवर्षासे अतिशय विद्ध होकर दैत्यगण गिरने लगे। उस समय ऐसा लगता था कि मानो इन्द्रके वज्राघातसे छिन्न-भिन्न होकर पर्वतगण धरतीपर गिर रहे हों। देवताओंमें उस समय कोई खड्ग, कोई चक्र, कोई परशु और कोई बाणोंका प्रयोग कर रहा था। इन शस्त्रास्त्रोंके आघातसे दैत्यगण नितान्त पीड़ित होकर पंखकटे पर्वतोंकी तरह पृथिवीपर गिरने लगे ॥ ३६–४? ॥ देवताओंके तेजसे सभी दैत्य एक साथ संज्ञाशून्य हो गये। इस प्रकार उस भीषण संग्राममें परस्पर कितनी सेना कट गयी, दिव्य दृष्टिसे देखकर भी उसका सही लेखा-जोखा नहीं किया जा सकता। धीरे-धीरे सन्ध्या हो गयी और भगवान दिनकर अस्ताचलपर जाकर अस्त हो गये। देवताओंमें भो किसीका मुख छिन्न, किसीका विदीर्ण और किसीका क्षत-विक्षत हो गया था। उनमेंसे कितने ही देवता आहत होकर धरतीपर

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

लौट गये थे ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ रात्रिके आते ही दैत्यगण विजयी होकर जयध्वनि करने लगे। उस समय ऐसा लगा कि मानो मेघोंकी मण्डली भीषण शब्दोंमें गर्जन कर रही है।।४४॥ इस प्रकार विजय प्राप्त करके वे असुर परस्पर कहने लगे कि "जयाभिलाषी देवता हमारी सामर्थ्य, प्रास, असि एवं तोमरादि शस्त्रास्त्रोंका बल देखकर भयभीत हो गये हैं।" ऐसा कहकर शुक्राचार्यके शिष्य दैत्यगण विजयके उल्लासवश सानन्द विचरण करने लगे। इधर शंकर भगवान रथपर सवार होकर देवताओंके साथ आगे बढ़ते हुए दर्पित दैत्योंको काटने लगे। प्रलयकालीन सूर्य जैसे अपनी प्रखर किरणोंसे जीवोंको दग्ध करते हैं, उसी प्रकार दैत्यगण शंकर भगवानकी बाणाग्निमें भस्म होने लगे ॥ ४५–४८॥ मन तथा वायुके समान द्रुतगतिसे दौड़नेवाले घोड़े बड़े वेगके साथ शङ्करजीका रथ खींचते हुए चलने लगे तो ऐसा प्रतीत हुआ कि मानो आकाशमण्डल बिजलीसे सुशोभित हो रहा हो। उनके रथकी ध्वजापर स्थित वृषभके

छिन्नभिन्नक्षतमुखा निपेतुर्वसुधातले ॥ ४३ ॥ अथ दैत्या जयं प्राप्ता निशायां निशितैः शरैः ॥ विनेदुर्विपुलैर्नादैर्मेघा इव महारवाः ॥ ४४ ॥ जयप्राप्त्यासुराश्चैव तेन्योऽन्यमभिजल्पिरे ॥ त्रासितास्त्रिदशाः सर्वे संग्रामजयकांक्षिणः ॥ ४५ ॥ अस्माभिर्बलसम्पन्नैः सह प्रासासितोमरैः ॥ विरेजुश्च जयं प्राप्ता उशनोहव्यबोधिताः ॥ ४६ ॥ समरे बलसम्पन्नाः सायुधा दैत्यसत्तमाः ॥ सुरैश्च सहितः सर्वे रथमास्थाय शंकरः ॥ ४७ ॥ दर्पितान्निनदन्दैत्यान्प्रदहन्निव तेजसा ॥ युगान्तकाले वितते रश्मिवानिव निर्दहन् ॥ ४८ ॥ सर्वभूतानि भूताढ्यः प्रलये समुपस्थिते ॥ स रथो वाजिभिः शीघ्रैरुह्यमानो मनोजवैः ॥ ४९ ॥ विबभौ नभसो मध्ये सविद्युदिव तोयदः ॥ वृषभेण ध्वजाग्रेण गर्जमानेन भारत ॥ ५० ॥ भातिस्म स रथो राजन्सेन्द्रायुध इवाम्बुदः ॥ ततोऽम्बरगताः सिद्धास्तुष्टुवुर्वृषभध्वजम् ॥ ५१ ॥ कर्मभिः पूर्वजं पूर्वैः शुचिभिस्त्र्यम्बकं तदा ॥ ऋषयश्च तपःशान्ताः सत्यव्रतपरायणाः ॥५२॥ अमृतप्राशिनश्चैव सुरसंघास्तथैव च ॥ गन्धर्वाप्सरसश्चैव गान्धर्वेण स्वरेण वै ॥५३॥ प्रहृष्टवदनाः सौम्या पैत्र्ये स्थानान्तरे नृप ॥ चयाट्टालकसम्पन्ने शतघ्नीशतसंकुले ॥ ५४ ॥ तस्मिंस्तु दैत्यनगरे सर्वभूतभयावहे ॥ ततस्तु शरवर्षाणि मुमुचुर्दैत्यदानवाः ॥ ५५ ॥ सुराणामरयो मध्ये तीक्ष्णाग्राणि समन्ततः ॥ शतघ्नीभिश्च निघ्नन्तो भल्लैः शूलैश्च भारत ॥ ५६ ॥ ते चक्रिरे महत्कर्म दानवा युद्धकोविदाः ॥ गदाभिश्च गदां जघ्नुर्भल्लैर्भल्लांश्च चिच्छिदुः ॥ ५७ ॥ अस्त्रैरस्त्राण्यबाधन्त मायां मायाभिरेव च ॥ ततोऽपरे

गर्जनसे ऐसा मालूम पड़ा कि मानो इन्द्रधनुषसे अलंकृत मेघसमूह गर्जन कर रहे हैं। उस समय अन्तरिक्षमें विद्यमान सिद्धगण, सत्यव्रतपरायण तथा तपःशान्त ऋषिगण एवं अमृतपायी सैकड़ों-हजारों देवता शंकर भगवानके पुरातन पुरुषार्थका उल्लेख करते हुए उनकी स्तुति करने लगे और गन्धर्वोंने गान्धर्व स्वरमें संगीत आरम्भ कर दिया ॥ ४९–५३ ॥ हे महाराज! दैत्योंकी अट्टालिकायें बहुत ऊँची-ऊँची थीं। उनके चारों ओर बड़ी-बड़ी तोपें चढ़ी थीं। ऐसा कोई भी जीव नहीं था, जो उस नगरको देखकर भयभीत न हो जाय। अब दैत्यगण उस भयंकर नगरसे चारों ओर सुतीक्ष्ण बाणोंकी वर्षा करने लगे ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ शतघ्नी, भल्ल और शूलप्रभृति शस्त्रास्त्रोंके प्रहारसे उस समय एक भयंकर परिस्थिति उत्पन्न हो गयी। अब दैत्यगण देवताओंके गदाप्रहारको अपनी गदासे, भल्लप्रहारको भल्लसे, मायाबलको मायासे एवं उनके अन्यान्य शस्त्रास्त्रोंके प्रहारको अपने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अन्यान्य शस्त्रोंके प्रहारसे व्यर्थ करने लगे। उसी समय बहुतेरे दैत्य, बाण, शक्ति, परशु, घोरतर अशनि एवं यमराजके समान भयानक तलवारें ले-लेकर देवताओंपर निर्मम प्रहार करने लगे ॥ ५८-५९ ॥ देवता उस समय चुपचाप खड़े मार खा रहे थे। असुरोंके असि, तोमर और प्रासके प्रहारसे शंकर भगवानका वह गन्धर्वनगराकार रथ निश्चेष्ट हो गया। एकमात्र देवराज इन्द्र विविध प्रकारके शस्त्रास्त्रोंसे सुसज्जित होकर रणभूमिमें खड़े रह गये ॥ ६० ॥ ६१ ॥ उसी समय आकाशस्थित ब्रह्मपुत्र ऋषियोंके मुखसे इस प्रकार शब्द उच्चरित हुआ कि "भूतपति भगवान शंकरके समक्ष इन्द्रका रथ निश्चेष्ट हो गया। जो रथ समस्त त्रिलोकीमें अजेय था, आज वही रथ दैत्योंसे पराजित हो गया" ॥६२॥६३॥ हे महाराज! उस श्रेष्ठ रथके गिरते ही संसारके सब जीव धरतीपर गिर पड़े ॥ ६४ ॥ उस समय एकाएक सभी पर्वतशृंग काँपने लगे, बड़े-बड़े वृक्ष धराशायी होगये, सभी समुद्र क्षुब्ध हो उठे

समुद्यम्य शरशक्तिपरश्वधान् ॥ ५८ ॥ अशनींश्च महाघोरान्मुक्ताञ्छतसहस्रशः ॥ असिभिर्मायाविहितैर्मृत्योर्विषयगोचरैः ॥ ५९ ॥ ते वध्यमाना विबुधाः शरवर्षैरवस्थिताः ॥ गन्धर्वनगराकारः सोऽसीदत्सहयो रथः ॥ ६० ॥ हन्यमानोऽसुरगणैः प्रासासिशरतोमरैः ॥ तैश्च दैत्यप्रहरणैर्गुरुभिर्भारसाहिभिः ॥ चित्रैश्च बहुभिः शस्त्रैरतिष्ठत शचीपतिः ॥ ६१ ॥ ततो मध्ये दिव्यशब्दः प्रादुरासीन्महीपते ॥ ऋषीणां ब्रह्मपुत्राणां महतामपि भारत ॥ ६२ ॥ स एष शंकरस्याग्रे रथो भूमिं प्रतिष्ठितः ॥ अजेयो जय्यतां प्राप्तः सर्वलोकस्य पश्यतः ॥ ६३ ॥ तस्मिन्निपतिते राजन् रथानां प्रवरे रथे ॥ निपेतुः सर्वभूतानि भूतले वसुधाधिप ॥६४॥ विचेलुः पर्वताग्राणि चेलुश्चैव महाद्रुमाः ॥ चुक्षुभुः समुद्राश्च न रेजुश्च दिशो दश ॥ ६५ ॥ वृद्धाश्च ब्राह्मणास्तत्र जेपुश्च परमं जपम् ॥ यत्तद्ब्रह्ममयं तेजः सर्वत्र विजयैषिणाम् ॥ ६६ ॥ शान्त्यर्थं सर्वभूतानामिह लोके परत्र च ॥ समाधायात्मनाऽऽत्मानं योगप्राप्तेन हेतुना ॥६७॥ रथन्तरेण साम्नाऽथ ब्रह्मभूतेन भारत ॥ तेजसा ज्वलयन्विष्णोस्त्र्यक्षस्य च महात्मनः ॥ ६८ ॥ सर्वेषां चैव देवानां बलिनां कामरूपिणाम् ॥ ऋषीणां तपसाऽऽढ्यानां वसतां विजने वने ॥ ६९ ॥ अथ विष्णुर्महायोगी सर्वतो दृश्य तत्त्वतः ॥ वृषरूपं समास्थाय प्रोज्जहार रथोत्तमम् ॥ ७० ॥ समाक्रान्तं देवगणैः समग्रबलपौरुषैः ॥ बलवांस्तोलयित्वा तु विषाणाभ्यां महाबलः ननाद प्राणयोगेन मथ्यमान इवार्णवः ॥ ७१ ॥ तृतीयं वायुविषयं समाक्रम्य विषाणवान् ॥ ननाद बलवान्नादं समुद्र इव पर्वणि ॥ ७२ ॥

और दसों दिशाओंकी प्रभा मलीन हो गयी ॥ ६५ ॥ उस समय इहलोक तथा परलोकमें शान्ति स्थापित करनेके उद्देश्यसे वृद्ध ब्राह्मणगण योगावलम्बनपूर्वक सामवेदमय परम मन्त्रका जप करने लगे। क्योंकि उस वेदमय तेजके बलसे ही विजयेच्छुक देवताओंको शान्ति प्राप्त होनेकी आशा थी और उसीसे उनका उत्कर्ष हो सकता था ॥६६॥६७॥ उन ब्राह्मणोंके उस अनुष्ठानसे महात्मा विष्णु, त्रिलोचन भगवान शंकर, इच्छानुसार रूप धारण करनेमें समर्थ बलवान् देवता एवं निर्जनवनवासी तपोधन ऋषियोंका तेजोबल प्रदीप्त हो उठा ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ तदनन्तर महायोगी विष्णु भगवानने वृषभका रूप धारण करके देवताओं समेत उस महारथको उठाकर खड़ा कर दिया। उन वृषभरूपधारी भगवान विष्णुने सींगोंसे उस रथको उठाकर भयंकर गर्जन किया तो मथ्यमान समुद्रके समान बड़ा भयंकर शब्द उठा ॥ ७० ॥ ७१ ॥ तत्पश्चात् रथ समेत आकाशमें जाकर उस वृषभने पुनः चीत्कारपूर्वकभीषण

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गर्जन किया तो ऐसा मालूम पड़ा कि मानो पर्वकालका समुद्र गर्जन कर रहा है ॥ ७२ ॥ रणदुर्मद दैत्यगण वह शब्द सुनकर भयभीत हो उठे और फिर शस्त्रास्त्र धारण करके युद्धके लिए तैयार हो गये ॥ ७३ ॥ वे बाहुबलसम्पन्न एवं पराक्रमी दैत्य धनुष लेकर पूर्ण शक्तिके साथ देवसेनाको चूर्ण करने लगे ॥ ७४ ॥ इधर अविनाशी शंकरभगवानने अपने धनुषपर ब्रह्मास्त्र, अग्निबाण तथा ब्रह्मदण्डका सन्धान करके सत्यबल, वेदबल और तपोबलके साथ उस दैत्यपुरीपर छोड़ दिया। ये तीनों बाण अतिशय तेजस्वी, कनकवर्ण, निर्मल और भयंकर थे ॥ ७५–७७ ॥ उन विषाक्त सर्पसदृश भयानक तीनों बाणोंके लगते ही त्रिपुर सैकड़ों खण्डोमें विभक्त होकर छितरा गया ॥ ७८ ॥ उस समय ऐसा लगा कि मानो विन्ध्य-पर्वतके सभी शिखर एक साथ छिन्न-भिन्न हो गये हों। तीनों नगरोंके साथ उसके सब गोपुर भी धराशायी हो गये ॥ ७९ ॥ उस समय ऐसा प्रतीत हुआ कि मानो वैदूर्यवर्णके बहुतेर

ततो नादेन वित्रस्ता दैतेया युद्धदुर्मदाः ॥ पुनस्ते कृतसन्नाहा युयुधुः सुमहाबलाः ॥ ७३ ॥ सर्वे वै बाहुबलिनः समर्थबलपौरुषाः ॥ सुरसैन्यं प्रमर्दन्तः प्रगृहीतशरासनाः ॥ ७४ ॥ अग्निं संधाय धनुषि शितं बाणं सुपत्रिणम् ॥ ब्रह्मास्त्रेणाभिसंयोज्य ब्रह्मदण्डं शिवोऽव्ययः ॥ मुमोच दैत्य-नगरे त्रिधाशब्देन संज्ञितम् ॥७५॥ तं बाणं त्रिविधं वीर्यात्संधाय मनसा प्रभुः ॥ सत्येन ब्रह्मयोगेन तपसोग्रेण भारत ॥ ७६ ॥ मुमोच दैत्यनगरे सर्वप्राणहराञ्छरान् ॥ दीप्तान्कनकवर्णाभान्सुवर्णांश्च सुनिर्मलान् ॥ ७७ ॥ मुक्त्वा वरशरान्घोरान्सविषानिव पन्नगान् ॥ सुप्रदीप्तैस्त्रिभिर्बाणै-र्वेगिभिस्तद्विदारितम् ॥ ७८ ॥ शरघातप्रदीप्तानि विन्ध्याग्राणीव भारत ॥ गोपुराणि पुरैः सार्द्धं व्यशीर्यन्त नराधिप ॥ ७९ ॥ तानि वैदूर्यवर्णानि शिखराणि गिरेरिव ॥ शंकरेण प्रदग्धानि ब्रह्मास्त्रेणापतन्नृप ॥ ८० ॥ हते च त्रिपुरे देवैर्वाचो हर्षात्किलेरिताः ॥ सर्वाञ्जहीति शत्रूंस्त्वं प्रवृद्धा-न्पुरुषोत्तम ॥८१॥ विष्णुरेव महायोगी योगेन प्रस्मयन्निव ॥ स्तूयते ब्रह्मसदृशैर्ऋषिभिः शङ्करेण च ॥ ब्रह्मणा सहितैर्देवैः संपन्नबलपौरुषैः ॥८२॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि त्रिपुरवधो नाम चतुस्त्रिंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३४ ॥

वैशम्पायन उवाच ॥ हरिवंशेऽत्र वृत्तान्ताः प्रकीर्त्यन्ते क्रमोदिताः ॥ तत्राद्यमादिसर्गस्तु भूतसर्गस्ततः परः ॥ १ ॥ पृथोर्वैन्यस्य चाख्यानं मनूनां कीर्त्तनं तथा ॥ वैवस्वतकुलोत्पत्तिर्धुन्धुमारकथा तथा ॥ २ ॥ गालवोत्पत्तिरिक्ष्वाकुवंशस्याप्यनुकीर्त्तनम् ॥ पितृकल्पस्तथोत्पत्तिः सोमस्य

पर्वतश्रृङ्ग धराशायी हो रहे हों ॥ ८० ॥ हे महाराज! शंकर भगवानके ब्रह्मास्त्रके प्रभावसे इस प्रकार तीनों पुर भस्म हो गये। तब देवता हर्षगद्गद स्वरमें महादेवजीको सम्बोधित करके कहने लगे—हे पुरुषोत्तम! आप हमारे प्रबल शत्रुओंको समूल नष्ट कर दीजिए ॥ ८१ ॥ तदनन्तर ब्रह्मा, ब्रह्मतुल्य ऋषि, भूतनाथ शंकरजी एवं बलप्राप्त सब देवता एकत्र होकर महायोगी विष्णु भगवानकी स्तुति करने लगे ॥ ८२ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३४ ॥

(हरिवंशकी अनुक्रमणिका) वैशम्पायन बोले—हे महाराज! इस हरिवंशमें जिन वृत्तान्तोंका वर्णन किया गया है, उन्हें मैं क्रमशः बता रहा हूँ, सुनिए। इसमें सर्व-प्रथम आदिसृष्टि, उसके बाद भूतसृष्टि, तत्पश्चात् पृथूपाख्यान, चतुर्दश मनु, वैवस्वतकुलोत्पत्ति और धुन्धुमारकी कथा वर्णित है ॥ १ ॥ २ ॥ तदनन्तर गालवोत्पत्ति, इक्ष्वाकुवंशका

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वर्णन, पितृकल्प, चन्द्रमा और बुधकी उत्पत्ति, अमावसु तथा क्षत्रवृद्धके वंशका वर्णन, इन्द्रमाहात्म्य, दिवोदास तथा त्रिशंकुकी स्थिति, ययातिचरित और पुरुवंशका वर्णन किया गया है ॥ ३–५ ॥ तदनन्तर भगवान कृष्णका जन्म, स्यमन्तक मणिकी उत्पत्ति तथा विष्णु भगवानके अंशावतारकी संक्षिप्त कथा वर्णित हुई है ॥६॥ तदनन्तर तारकामय युद्ध, ब्रह्मलोक-वर्णन, भगवान विष्णुका योगनिद्रासे उत्थान, विष्णु और ब्रह्माका कथोपथन, देवताओंका अंशावतार, पृथिवीका करुण क्रन्दन, नारदके वचन और स्वप्नमें गर्भविधिका वृत्तान्त कहा गया है ॥ ७ ॥ ८ ॥ तदनन्तर आर्यास्तव, पुनः विशेषरूपसे कृष्णकी उत्पत्तिका विवरण, श्रीकृष्णका व्रजगमन, शकटभंग, पूतनावध, यमलार्जुनभंजन, वृकसन्दर्शन, वृन्दावननिवेश,

च बुधस्य च ॥ ३ ॥ अमावसोरन्वयस्य कीर्त्तनं कीर्तिवर्द्धनम् ॥ च्युतिप्रतिष्ठे शक्रस्य प्रसवः क्षत्रवृद्धजः ॥ ४ ॥ दिवोदासप्रतिष्ठा च त्रिशङ्कोः क्षत्रियस्य च ॥ ययातिचरितं चैव पूरुवंशस्य कीर्त्तनम् ॥ ५ ॥ कीर्त्तनं कृष्णसंभूतेः स्यमन्तकमणेस्तथा ॥ संक्षेपात्कीर्तिता विष्णोः प्रादुर्भावास्ततः परम् ॥ ६ ॥ तारकामययुद्धं च ब्रह्मलोकस्य वर्णनम् ॥ योगनिद्रासमुत्थानं विष्णोर्वाक्यं च वेधसः ॥ ७ ॥ पृथ्वीवाक्यं च देवानामंशावतरणं तथा ॥ ततो नारदवाक्यं च स्वप्नगर्भविधिस्तथा ॥ ८ ॥ आर्यास्तवः पुनः कृष्णसमुत्पत्तिः प्रपञ्चतः ॥ गोव्रजे गमनं विष्णोः शकटस्य निवर्त्तनम् ॥ ९ ॥ पूतनाया वधो भङ्गो यमलार्जुनयोरपि ॥ वृकसंदर्शनं चैव वृन्दावननिवेशनम् ॥ १० ॥ प्रावृषो वर्णनं चापि यमुनाह्रददर्शनम् ॥ कालियस्यापि दमनं धेनुकस्य च भञ्जनम् ॥ ११ ॥ प्रलम्बनिधनं चैव शरद्वर्णनमेव च ॥ गिरियज्ञप्रवृत्तिश्च गोवर्द्धनविधारणम् ॥ १२ ॥ गोविन्दस्याभिषेकं च गोपीसंक्रीडनं तथा ॥ रिष्टासुरस्य निधनमक्रूरप्रेषणं तथा ॥ १३ ॥ अन्धकस्य च वाक्यानि केशिनो निधनं तथा ॥ अक्रूरागमनं चैव नागलोकस्य दर्शनम् ॥ १४ ॥ धनुर्भङ्गस्य कथनं कंसवाक्यमतः परम् ॥ कुवलयापीडवधश्चाणूरान्ध्रवधस्तथा ॥ १५ ॥ कंसस्य निधनं चापि विलापः कंसयोषिताम् ॥ उग्रसेनाभिषेकश्च यादवाश्वासनं तथा ॥ १६ ॥ प्रत्यागतिर्गुरुकुलादथोका रामकृष्णयोः ॥ मथुरायाश्चोपरोधो जरासंधनिवर्त्तनम् ॥ १७ ॥ विकद्रुवाक्यं रामस्य दर्शनं भाषणं तथा ॥ गोमन्तारोहणं चापि जरासंधगतिस्तथा ॥ १८ ॥ गोमन्तस्य गिरेर्दाहः करवीरपुरे गतिः ॥ शृगालस्य वधस्तत्र मथुरागमनं ततः ॥ १९ ॥ यमुनाकर्षणं चैव मथुरापक्रमस्तथा ॥

वर्षावर्णन, यमुनाह्रदका दर्शन कालियदमन और धेनुकासुरके वधकी कथा कही गयी है ॥९–११॥ उसके बाद प्रलम्बवध, शरद्वर्णन, गोवर्धनपूजा, गोवर्धनधारण, गोविन्दका अभिषेक, गोपियोंके साथ क्रीड़ा, अरिष्टासुरवध, अक्रूरप्रेरणा, अन्धकके वचन, केशीवध, अक्रूरका प्रत्यावर्तन तथा नागलोकदर्शन वर्णित है ॥१२–१४॥ तदनन्तर धनुर्भङ्ग, कंसवाक्य, कुवलयापीडवध, चाणूर तथा अन्ध्रका विनाश, कंसवध, कंसकी पत्नियोंका विलाप, उग्रसेनका अभिषेक, यादवोंको आश्वासन, बलराम तथा कृष्णका गुरुकुलसे प्रत्यावर्तन और जरासध द्वारा मथुरापुरीको घेरने तथा उसके लौटनेक वृत्तान्त कहा गया है ॥ १५–१७ ॥ उसके बाद विकद्रुवाक्य, गोमन्तारोहण, बलरामका दर्शन, जरासन्धकी गति, गोमन्तकपर्वतदाह, करवीरपुर-

१२४३

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गमन, शृगालवध, मथुरासे प्रस्थान, यमुनाका आकर्षण, कौशलसे कालयवनका विनाश, द्वारकापुरीका निर्माण, रुक्मिणीहरण, रुक्मिणी-विवाह और रुक्मीके वधकी गाथा गायी गयी है ॥१८–२१॥ बलदेवकी दैनिक दिनचर्या, बलदेवका माहात्म्य, नरकवध, पारिजातहरण, द्वारकाका पुनर्निर्माण, भगवानका द्वारका तथा सुधर्मा सभामें प्रवेश, नारदके वचन, वृष्णिवंशका वर्णन, षट्पुरवध, अन्धकासुरवध, श्रीकृष्णकी समुद्रयात्रा, उनका जलविहार, यादवोंका मदिरापान, श्रीकृष्णके छालिक्य और गान्धर्व गीतका वर्णन, भानुकी कन्या भानुमतीका हरण, शम्बरासुरका विनाश, धन्योपाख्यान, वासुदेवका माहात्म्य, बाणासुरके साथ युद्ध, भविष्यकथन, पुष्करवृत्तान्तका वर्णन, वराह-नृसिंह और वामनावतारकी कथा, भगवान कृष्णकी कैलासयात्रा,

उपायेन वधः कालयवनस्य प्रकीतितः ॥ २० ॥ निर्माणं द्वारवत्यास्तु रुक्मिणीहरणं तथा ॥ विवाहश्चैव रुक्मिण्या रुक्मिणो निधनं तथा ॥ २१ ॥ बलदेवाह्निकं पुण्यं बलमाहात्म्यमेव च ॥ नरकस्य वधः पारिजातस्य हरणं तथा ॥ २२ ॥ द्वारवत्या विशेषेण पुनर्निर्माणकीर्तनम् ॥ द्वारकायां प्रवेशश्च सभायां च प्रवेशनम् ॥ २३ ॥ नारदस्य च वाक्यानि वृष्णिवंशानुकीर्त्तनम् ॥ षट्पुरस्य वधाख्यानं मेध्यकस्य निबर्हणम् ॥ २४ ॥ समुद्रयात्रा कृष्णस्य जलक्रीडाकुतूहलम् ॥ तथा भैमप्रवीराणां मधुपानप्रवर्तकम् ॥ २५ ॥ ततश्छालिक्यगान्धर्वसमुदाहरणं हरेः ॥ भानोश्च दुहितुर्भानुमत्या हरणकीर्तनम् ॥ २६ ॥ शम्बरस्य वधश्चैव धन्योपाख्यानमेव च ॥ वासुदेवस्य माहात्म्यं बाणयुद्धं प्रपञ्चितम् ॥ २७ ॥ भविष्यं पुष्करं चैव प्रपञ्चेनैव कीर्तितम् ॥ वराहं नारसिंहं च वामनं बहुविस्तरम् ॥ २८ ॥ कैलासयात्रा कृष्णस्य पौण्ड्रकस्य वधस्ततः ॥ हंसस्य डिम्भकस्यैव वधश्चैव प्रकीतितः ॥ २९ ॥ पुरत्रयस्य संहार इति वृत्तान्तसंग्रहः ॥ कथितो नृपशार्दूल सर्वपापप्रणाशनः ॥३०॥ वृत्तान्तं शृणुयाद्यस्तु सायं प्रातः समाहितः ॥ स याति वैष्णवं धाम लब्धकामः कुरूद्वह ॥ धन्यं यशस्यमायुष्यं भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥३१॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि वृत्तान्तसंग्रहो नाम पंचत्रिंशोत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३५ ॥

जनमेजय उवाच ॥ हरिवंशे पुराणे तु श्रुते मुनिवरोत्तम ॥ किं फलं किं च देयं वै तद्ब्रूहि त्वं ममाग्रतः ॥ १ ॥ वैशम्पायन उवाच ॥ हरिवंशे पुराणे तु श्रुते च भारतोत्तम ॥ कायिकं वाचिकं चैव मनसा समुपार्जितम् ॥ २ ॥ तत्सर्वं नाशमायाति हिमं सूर्योदये यथा ॥ अष्टादश-

पौण्ड्रकवध, हंस और डिम्भकका विनाश तथा त्रिपुरसंहारकी कथा कही गयी है। हे महाराज! जो प्राणी एकाग्र मनसे सायं तथा प्रातःकालके समय इन समस्त धन्य, यशस्कर तथा भोग-मोक्षप्रद विषयोंको सुनता है, उसकी सभी ऐहलौकिक कामनायें पूर्ण हो जाती हैं और अन्तमें वह विष्णु भगवानके वैकुण्ठधामको प्रयाण करता है ॥ २२–३१ ॥ इति श्रीमहाभारते हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत'नारायणी'भाषाटीकायां पंचत्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३५ ॥

(ग्रन्थश्रवणफल) राजा जनमेजय बोले—हे भगवन्! इस हरिवंशका श्रवण करनेसे क्या फल प्राप्त होता है और कौन-कौनसी वस्तुयें दान करके दी जाती हैं? ॥ १ ॥

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

वैशम्पायन बोले— हे महाराज! जैसे सूर्योदय हो जानेपर हिम गल जाता है, उसी प्रकार हरिवंशका श्रवण करनेवाले प्राणीके कायिक, वाचिक और मानसिक समस्त पाप एक साथ नष्ट हो जाते हैं। अठारह पुराणोंके श्रवणसे जो फल प्राप्त होता है, वह फल वैष्णव पुरुष एकमात्र हरिवंशका श्रवण करनेसे प्राप्त कर लेता है। जो भक्तिपूर्वक हरिवंशके एक, आधे अथवा चौथाई श्लोकका भी श्रवण करते हैं, उन्हें विष्णुपद प्राप्त होता है। किन्तु मैं सत्यकी शपथ करके कहता हूँ कि कलियुगमें समस्त जम्बूद्वीपका अन्वेषण करनेपर एक भी यथार्थ श्रोताका मिलना कठिन है ॥ २–५ ॥ हे महाराज! पुत्र चाहनेवाली स्त्रियोंको हरिवंश अवश्य सुनना चाहिए। यदि किसी कामनाकी पूर्तिके लिए हरिवंश सुना जाय तो कथासमाप्ति-पर कथावाचकको तीन स्वर्णमुद्रा अथवा यथाशक्ति धन देना चाहिए ॥६॥७॥ वस्त्राच्छादित, स्वर्णश्रृङ्गपरिशोभित, सवत्सा तथा कपिला गौका दान कथाके अन्तमें वाचकको देना आवश्यक

पुराणानां श्रवणाद्यत्फलं भवेत् ॥ ३ ॥ तत्फलं समवाप्नोति वैष्णवो नात्र संशयः ॥ श्लोकार्द्धं श्लोकपादं वा हरिवंशसमुद्भवम् ॥ ४ ॥ शृण्वन्ति श्रद्धया युक्ता वैष्णवं पदमाप्नुयुः ॥ जम्बुद्वीपं समाश्रित्य श्रोतारो दुर्लभाः कलौ ॥ ५ ॥ भविष्यन्ति नरा राजन् सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥ स्त्रीभिश्च पुत्रकामाभिः श्रोतव्यं वैष्णवं यशः ॥ ६ ॥ दक्षिणा चात्र देया वै निष्कत्रयसुवर्णकम् ॥ वाचकाय यथाशक्त्या यथोक्तं फलमिच्छता ॥ ७ ॥ स्वर्णश्रृङ्गीं च कपिलां सवत्सां वस्त्रसंयुताम् ॥ वाचकाय प्रदद्याद्वै आत्मनः श्रेयकांक्षया ॥ ८ ॥ अलंकारं प्रदद्याच्च पाण्योर्वै भरतर्षभ ॥ कर्णस्थाभरणं दद्याद्यानं वस्त्रं विशेषतः ॥ ९ ॥ भूमिदानं समादद्याद्ब्राह्मणाय नराधिप ॥ भूमिदानसमं दानं न भूतं न भविष्यति ॥ १० ॥ शृणोति श्रावयेद्वापि हरिवंशं तु यो नरः ॥ सर्वथा पापनिर्मुक्तो वैष्णवं पदमाप्नुयात् ॥ ११ ॥ पितॄनुद्धरते सर्वानेकादश समुद्भवान् ॥ आत्मानं ससुतं चैव स्त्रियं च भरतर्षभ ॥ १२ ॥ दशांशश्चात्र होमो वै कार्यः श्रोत्रा नराधिप ॥ इदं मया तवाग्रे च सर्वं प्रोक्तं नरर्षभ ॥ १३ ॥ यस्य स्मरणमात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ अपुत्रः पुत्रमाप्नोति अधनो धनमाप्नुयात् ॥ १४ ॥ नरमेधाश्वमेधाभ्यां यत्फलं प्राप्यते नरैः ॥ तत्फलं लभते नूनं पुराणश्रवणाद्धरेः ॥ १५ ॥ ब्रह्महा भ्रूणहा गोघ्नः सुरापो गुरुतल्पगः ॥ सकृत्पुराणश्रवणात्पूतो भवति नान्यथा ॥१६॥ इदं मया ते परिकीर्तितं

है। ऐसा करनेसे श्रोताका कल्याण होता है ॥ ८ ॥ हरिवंशपारायणकी समाप्तिपर अलङ्कार और विशेष करके कर्णालङ्कारका दान अवश्य देना चाहिए। हाथके आभूषण तथा वस्त्रका दान भी कल्याणकारक होता है ॥ ९ ॥ हे महाराज! हरिवंशश्रवणके पश्चात् भूमिदान भी प्रशंसनीय दान माना जाता है। क्योंकि भूमिदानसे श्रेष्ठ और कोई भी दान नहीं होता ॥१०॥ जो मनुष्य हरिवंशकी कथा सुनता या कहता है, वह सर्वथा पापमुक्त होकर अन्तमें विष्णुलोक प्राप्त करता है ॥ ११ ॥ उस प्राणीके एकादश पूर्वज, उसकी स्त्री, उसके पुत्र और वह स्वयं भी मुक्त हो जाता है ॥ १२ ॥ श्रोताको चाहिए कि दशांश हवन अवश्य करे। हे महाराज! इस प्रकार मैंने आपको सब कुछ बता दिया। इसके सुनते ही श्रोताके सब पाप नष्ट हो जाते हैं। वह यदि अपुत्र हो तो पुत्रवान् और निर्धन हो तो धनवान् बन जाता है ॥ १३ ॥ १४ ॥ नरमेध और अश्वमेध यज्ञ करनेपर यजमानको जो फल प्राप्त होता

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

है, वही फल केवल हरिवंशका श्रवण कर लेनेसे प्राप्त हो जाता है ॥ १५ ॥ यदि किसीने ब्रह्महत्या, भ्रूणहत्या, गोहत्या, सुरापान तथा गुरुपत्नीगमन जैसा पाप किया हो, वह भी यदि एकाग्रचित्तसे हरिवंश पुराणका श्रवण करे तो तत्काल उन सभी गुरुतर पापोंसे मुक्त हो जाता है ॥ १६ ॥ हे महाराज! इस प्रकार मैंने आपसे अतिशय आश्चर्यजनक और अतिशय

महच्छ्रीकृष्णमाहात्म्यमपारमद्भुतम् ॥ शृण्वन् पठन्नाशु समाप्नुयात्फलं यच्चापि लोकेषु सुदुर्लभं महत ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि श्रवणफलकथनं नाम षट्त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३६ ॥

उदार श्रीकृष्णमाहात्म्य कहा। इसका स्वाध्याय और श्रवण करके संसारकी सबसे दुर्लभ वस्तु भी अनायास प्राप्त की जा सकती है ॥ १७ ॥ इति श्रीमहाभारते खिलेषु हरिवंशे भविष्यपर्वणि पं० रामतेजपाण्डेयकृत 'नारायणी' भाषाटीकायां षट्त्रिंशदुत्तरशततमोऽध्यायः ॥ १३६ ॥

समाप्तोऽयं ग्रन्थः।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति 'नारायणी' भाषाटीकासहिते—

श्रीहरिवंशे पुराणे तृतीयं भविष्यपर्व ॥ ३ ॥

१२४७

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वविख्यात संस्कृत-महाग्रन्थ-

श्रीमद्भागवत अन्वितार्थप्रकाशिका टीका पत्राकार
श्रीमद्भागवत 'सामयिकी' भा० टी० पत्राकार
श्रीमद्भागवत 'सामयिकी' भा० टी० सजिल्द
श्रीमद्भागवत 'श्रीधरी' संस्कृत टीका पत्राकार
श्रीमद्भागवत 'चूर्णिका' संस्कृत टीका पत्राकार
श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध भाषा टीका पत्राकार
श्रीहरिवंशपुराण भा० टी० पत्राकार
श्रीमद्देवीभागवत भाषा टीका पत्राकार
श्रीमद्देवीभागवत मूल (सजिल्द)
श्रीगरुड़ महापुराण मूल (सम्पूर्ण)
श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण भा० टी० पत्राकार
श्रीशिवमहापुराण मूल (सजिल्द)
श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण सुन्दरकाण्ड भा० टी०
आनन्दरामायण 'ज्योत्स्ना' भा० टी० (सजिल्द)

राजतरङ्गिणी (महाकवि कल्हणकृत) भा० टी०
भैषज्यरत्नावली 'चूर्णिका' टिप्पणी सहित
रसेन्द्रसारसंग्रह 'रसायनी' भाषा टीका सहित
शार्ङ्गधरसंहिता 'श्यामा' भाषा टीका सहित
माधवनिदान 'माधवी' भाषा टीका (नया संस्करण)
भावप्रकाशनिघण्टु 'सटिप्पण'
नाड़ीज्ञानदर्पण भाषा टीका
कादम्बरी (बाणभट्टकृत) भा० टी० सम्पूर्ण
वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी 'सुगन्धा'
रघुवंश महाकाव्य भा० टी० (सम्पूर्ण)
मेघदूत काव्य संस्कृत टीका और भाषा टीका
कुमारसंभव भाषा टीका (सम्पूर्ण)
अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक भाषा टीका
कौटिलीय अर्थशास्त्र भाषा टीका सम्पूर्ण

बृहत्स्तोत्ररत्नाकर बड़ा (स्तोत्रसंख्या ४१४)
हितोपदेश भाषा टीका
पञ्चतन्त्र (विष्णुशर्मा कृत) भाषा टीका
श्रीशुक्लयजुर्वेदीय मंत्रसंहिता
श्रीशुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी (रुद्री)
अमरकोष हिन्दी टिप्पणी सहित (संपूर्ण)
उपनयनपद्धति भाषा टीका (प्रामाणिक संस्करण)
मनुस्मृति भाषा टीका
दुर्गासप्तशती 'हैमवती' भाषा टीका
गरुडपुराण (प्रेतकल्प) भाषा टीका ३४ अध्याय)
श्रीरामचरित मानस बड़ा टाइप छोटा साइज
दृष्टान्तदीपक (दृष्टान्तसंख्या (४३२)
राजसी कुण्डली (अनोखे जन्मपत्रफार्म)
श्रीशुभविवाहलग्नपत्रिका दोरंगी छपाई

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon